accession ऐक्-सेॅशन *n* (f. accede) 1 पदारोहण, राज्यारोहण, सिंहासनारोहण [~ to the throne], प्राप्ति [~ to power], 2 यौवन आदि अवस्था की) प्राप्ति, आगम [~ to manhood], 3 में जोड़ा या मिलाया जाना, प्राप्ति [~ of a book to a library], जोड़ी या मिलाई गई वस्तु, (में जोड़ने या मिलाने से हुई) वृद्धि, बढ़ती [~ to one's income]

accessory अक्-सें सरि *a* & *n* 1 सहायक, सहकारी, 2 अतिरिक्त, गौण, अप्रधान, 3 बाहरी, बाह्य; *n* (esp in pl) 1 (मुख्य वस्तु के साथ प्रयुक्त होने वाली) गौण वस्तुएं, छोटी-मोटी चीज़ें; उपसाधन, toilet accessories पोशाक़ के अतिरिक्त बरती जाने वाली चीज़ें; e.g. gloves, scarf, etc, 2 उपकरण, पुर्ज़ा [accessories of a machine]

accidence ऐक्सिडन्स *n* व्याकरण का वह भाग जिसमें संज्ञा, सर्वनाम आदि के विभिन्न विभक्तियों में तथा धातुओं के विभिन्न लकारों में रूप दिये जाते है, नामरूप तथा धातुरूप प्रकरण

accident ऐक्-सिडन्ट *n* 1 आकस्मिक या अप्रत्याशित घटना, संयोग; दैवयोग [I was there **by** ~], 2 दुर्घटना, वारदात [to meet with, to have, an ~], 3 (वस्तु में पैदा होने वाला) आकस्मिक गुण, 4 (रचना में) विषमता [~ of the terrain]

accidental ऐक्सिडें न्टल *a* & *n* 1 अचानक होने वाला, आकस्मिक, अप्रत्याशित, 2 बिना इरादे के किया हुआ, 3 अप्रधान, गौण; *n* अप्रधान वस्तु या गुण; **~ly** *adv* 1 अचानक, अकस्मात्; दैवयोग से, संयोगवश, 2 बिना इरादे के, अनजाने

acclaim अक्लेम *vt* 1 उत्साहपूर्वक या जयघोष के साथ स्वागत करना, अभिनन्दन करना, का जयजयकार करना [they **~ed** the war heroes], 2 (राजा, विजेता आदि के रूप में) स्वागत करना, (राज़ा आदि) घोषित करना [They ~ed him king]

acclamation ऐक्लमेशन *n* 1 (प्रस्ताव का तालियां बजा कर) अनुमोदन, स्वीकृति [The proposal was carried by ~], 2 (usu in pl) जयजयकार, जयघोष, जयध्वनि

acclimate *vt*=acclimatize

acclimation ऐक्लाइमेशन *n*=acclimatization

acclimatization *n* (see foll) नये जलवायु के अनुसार ढालना, जलवायु के अनुकूल बनाना, जलवायु-अभ्यास , **पर्यनुकूलन**

acclimatize अक्लाइमटाइज़ *vt* & *i* (प्राणी या पौधे को) नये जलवायु में रहने की आदत डालना, वातावरण के अनुकूल बनाना या बनना, (व्यक्ति को) स्थिति या परिवेश के अनुकूल बनाना, अभ्यस्त बनाना या बनना; **~d** *a* नये जलवायु या परिवेश या परिस्थिति का अभ्यस्त**, पर्यनुकूलित**

acclivity अक्लिविटि *n* (पहाड़ की) चढ़ाई

accolade ऐके-लेड *n* प्रशंसा; पुरस्कार

accommodate अकों मडेट *vt* 1 स्थान देना, बैठने की जगह देना, के लिए जगह होना [the bus can ~ 50 persons]; रहने की जगह देना, ठहराना, 2 कृपा करना, प्रार्थना स्वीकार करना, बात मानना, 3 (एक वस्तु को दूसरी के) अनुकूल बनाना, मेल बैठाना, समायोजित करना, 4 (व्यक्तियों का) मेल कराना, समझौता कराना, मतभेद दूर करना, झगड़ा मिटाना [to ~ a quarrel], 5 अनुकूल करना, अनुरूप बनाना [to ~ oneself to circumstances], 6 देना [**to ~ someone with** a loan], **accommodating** *a* बात मान लेने वाला, समझौता कर लेने वाला, जिसके साथ व्यवहार करना आसान हो, नम्रस्वभाव

accommodation अकों म-डेशन *n* 1 स्थान, जगह, गुंजाइश, 2 रहने के लिए जगह, निवासस्थान, आवास, 3 समायोजन, समंजन, 4 निपटारा, समझौता [~ of a quarrel], 5 काम की चीज़; सुविधा, सुभीता [It would be a great ~ to me], 6 उधार, ऋण

accompaniment *n* 1 संलग्न वस्तु, साथ की चीज़, उपकरण, 2 *mus* संगत, संगति

accompany अकम्पनि *vt* 1 साथ जाना, साथ चलना, साथ रहना, साथ देना [to ~ someone; **to be accompanied by** s.o.], 2 (दो वस्तुओं का) साथ-साथ रहना, (दो घटनाओं का) साथ-साथ होना [Thunder accompanies lightning], 3 साथ लगाना या जोड़ना [He accompanied these words with a blow], 4 *mus* संगत करना [to ~ someone on the piano]

accomplice अकम्प्लिस *n* अपराध में साथी या सहायक, सहापराधी

accomplish अकम्प्लिश *vt* पूरा करना, निष्पादित करना [to ~ a mission], कर दिखाना

accomplished *a* 1 (कला में) प्रवीण, सिद्धहस्त [~ musician], 2 गुणसंपन्न, सुशिक्षित, प्रशिक्षित, 3 **accomplished fact=fait accompli** पूरा किया जा चुका काम, सम्पन्न कार्य

accomplishment *n* 1 पूरा या समाप्त होना, निष्पादित होना, निष्पादन [~ of a project], 2 पूरा किया हुआ काम, प्राप्त की हुई वस्तु, कमाई, उपलब्धि; सिद्धि, 3 (usu in pl) गुण, कला, कौशल

accord^{1} अकॉर्ड *vi* & *t* 1 (esp of things) अनुरूप होना, अनुकूल होना, संवादी होना [to ~ **with** something], 2 *vt* देना, प्रदान करना [to ~ permission]; स्वीकार करना [to ~ a request], to ~ welcome स्वागत करना

accord^{2} *n* 1 सहमति, सम्मति, ऐकमत्य, मतैक्य; with one accord एकमत हो कर, सर्वसम्मति से, 2 (शान्ति-)संधि, सुलह, 3 मेल, संवाद, अनुरूपता [to **be in ~ with** something], 4 स्वीकृति, स्वेच्छा; **of one's own ~** स्वेच्छा से, स्वेच्छापूर्वक, अपने आप

accordance *n* 1 अनुरूपता, अनुसारता, संवाद, मेल [statement in ~ with truth], 2 **in accordance with** के अनुरूप, के अनुसार [in ~ with your instructions etc]

accordant *a* अनुरूप, मेल खाता हुआ

according *adv* 1 **according as** (*conj phr*) जैसा कि, जितना कि, जिस हद तक कि [The plan will succeed or not according as it is judiciously managed], 2 **according to** (*prep phr*) के अनुसार, के अनुरूप [~ to the order], के अनुपात से, के अनुसार [one is taxed ~ to one's income level]; के (कथन-)अनुसार; ~ to Vyasa व्यास के अनुसार, व्यास का कहना या मत है कि; ~**ly** *adv* 1 तदनुसार, उसी प्रकार (से), 2 अतः, सो

accordion अकॉर्डियन *n* एक प्रकार का वाद्ययन्त्र

accost अकॉस्ट *vt* 1 (किसी के) पास जाकर (बड़े साहस से) कहना, 2 (अभिवादन आदि के लिए) संबोधन करना; (किसी से) बातचीत शुरू करना, बात छेड़ना, 3 (of prostitute)=solicit

account[1] अकाउन्ट *vt* & *i* 1 समझना, ख़्याल करना [I ~ him a hero], 2 *vi* to account for (i) (रुपये का) हिसाब देना, (ii) (अपने आचरण आदि के विषय में) उत्तर देना [to ~ **for** one's conduct], 3 कारण देना या बताना, स्पष्ट करना, कारण होना, That accounts for the delay देरी का यही कारण है, इसी लिए देरी हुई; 4 (क्रिकिट आदि में) हराना, आउट करना, The skipper accounted for three wickets कप्तान ने तीन खिलाड़ी आउट किये, 5 (शिकार आदि में किसी को) मारना

account[2] *n* 1 गिनती, गणना; हिसाब-किताब, **to render an** ~ हिसाब देना, 2 (लेन-देन का) हिसाब-किताब; लेखा, खाता ; credit ~ जमा लेखा, जमा खाता; current ~ चालू खाता; **to keep accounts** हिसाब-किताब रखना; to open (close) an ~ खाता खोलना (बंद करना); **to settle, square, accounts with** (i) का हिसाब चुकता करना, (ii) *fig* से बदला लेना, 3 **on account** अन्तरिम भुगतान के रूप में; *Parl*: vote on **account** (बजट पास होने से पहले) अन्तरिम काल का खर्च चलाने के लिये धन की मंजूरी, लेखानुदान, 4 **on** ~ **of** के कारण; **on no** ~ कदाचित् नहीं, बिल्कुल नहीं; **on one's own** ~ अपनी ज़िम्मेवारी पर, 5 नफ़ा, लाभ, **to turn to good** ~ (वस्तु, स्थिति आदि से) लाभ उठाना, **उपयोग** करना, 6 आचरण आदि के लिए उत्तरदायित्व, **to call to** ~ (झाड़ना और) जवाब मांगना, ख़बर लेना; **to give a good** ~ **of oneself** अच्छा काम करना, कर्तव्य अच्छी तरह निभाना, काम से प्रभावित करना, 7 सम्मान, आदर, प्रतिष्ठा, महत्त्व [person, thing, of some (or no) account], 8 गणना, ध्यान, ख़्याल, **to take** ~ **of**; **to take into** ~ का ध्यान रखना, को ध्यान में रखना ; **to leave out of** ~ का ख़्याल न करना, 9 (घटना, व्यक्ति आदि का) वर्णन, विवरण, वृत्तान्त, बयान; **by all accounts** सबके कथनानुसार या मतानुसार, 10 ~-book लेखा-बही, बही-खाता

accountable *a* 1 जिससे जवाब मांगा जा सके, जवाबदेह, उत्तरदायी, जिम्मेवार [The govt. is ~ to Parliament for its action], 2 जिससे हिसाब मांगा जा सके, 3 जो समझाया जा सके, जो समझ में आ सके; **accountability** *n* 1 उत्तरदायित्व, 2 हिसाब की ज़िम्मेवारी

accountancy *n* लेखाशास्त्र, लेखाविद्या, मुनीमी

accountant *n* लेखाकार, लेखापाल, मुनीम; ~ -general महालेखाकार

accounting *n* 1 लेखाविधि; हिसाब-किताब

accoutre अक़ूटर *vt* (usu in pp) ख़ास या सैनिक **पोशाक** पहनाना, साज़ पहनाना, सुसज्जित करना

accoutrement *n* (usu in pl) 1 (of a war-horse) साज-सज्जा, 2 *mil* सैनिकों का शस्त्र और वस्त्र के अतिरिक्त अन्य सामान, साज़-सामान

accredit अक्रॅडिट *vt* 1 (व्यक्ति को) मान्यता देना, मान्यता दिलाना; (कथन) प्रमाणित करना, प्रत्यायित करना, 2 (राजदूत को) प्रमाणपत्र देकर भेजना, प्रत्यायित करना, नियुक्त करना [He has been accredited India's ambassador to Washington], 3 (किसी काम आदि के लिए) किसी को श्रेय देना [The discovery is accredited to Newton]; ~**ation** *n* प्रत्यायन

accredited *a* 1 (of person, organization, etc) मान्यताप्राप्त, मान्य, स्वीकृत, 2 (of envoy) प्रत्यायित, 3 (of belief) परम्परागत, रूढ़िगत

accrete अक्रीट *vi* & *t* 1 साथ-साथ बढ़ना या होना या रहना, 2 मिल कर एक हो जाना, के इर्द-गिर्द जमा होना, से जुड़ जाना [to ~ to a nucleus], 3 *vt* अपने साथ मिला लेना

accretion अक्रीशन *n* 1 (अन्दर से होने वाली) वृद्धि, उपचय, संवर्धन, 2 (बाह्य वस्तु के जुड़ जाने से होने वाली) वृद्धि, अभिवृद्धि; नई जुड़ी हुई वस्तु, 3 ~ to a territory क्षेत्रवृद्धि, प्रदेशवृद्धि

accrue अक्रू *vi* 1 (धन या काम आदि से लाभ या वृद्धि या सूद या आय) प्राप्त होना [**to** ~ **to** someone, **from** something], 2 बढ़ना

accumulate अक्युम्युलेट *vt* & *i* 1 जमा या इकट्ठा करना, बटोरना, जोड़ना, संचय करना [to ~ wealth etc], 2 *vi* जमा या इकट्ठा होना, संचित होना, ढेर लग जाना [Dirt has accumulated]

accumulation *n* 1 संचय करना, संचयन, 2 संचय, इकट्ठ, ढेर, अंबार [~ of snow, property, etc], 3 ~ **of** capital (सूद जमा होते रहने से) धन की वृद्धि

accumulative *a* 1 सामूहिक, सम्मिलित [~ proof, evidence], 2 जिसमें वृद्धि हो रही हो, बढ़ने वाला, वर्धमान, 3 जोड़ने या जमा करने में लगा हुआ, जोड़ू, संचयशील, संचयी

accumulator *n* 1 वस्तुओं के संग्रह में लगा हुआ व्यक्ति, जोड़ू या संचयी व्यक्ति, 2 *electr* बिजली

जमा रखने का सेल, संचायक

accuracy ऐक्युरसि *n* ठीक या सही होना, यथार्थता, शुद्धता, सत्यता

accurate ऐक्युरट *a* ठीक, सही, यथार्थ, शुद्ध

accursed अकर्स्ड *a* 1 शापग्रस्त, अभिशप्त, अभागा, हतभाग्य, 2 दुःखद, अशुभ, अमङ्गल, मनहूस, 3 *colloq* घृणित; घृणास्पद

accusation ऐक्युज़ेशन *n* 1 अपराध या आरोप या इलज़ाम लगाना, दोषारोपण, 2 इलज़ाम, अभियोग, आरोप, दोषारोप

Accusative case कर्मकारक

accusatory अक्यूज़-टरि *a* (of language, manner, etc) इलज़ाम या अभियोग या दोष लगाने का, अभियोगात्मक

accuse अक्यूज़ *vt* 1 आरोप या अभियोग लगाना [to ~ someone **of** murder etc], 2 दोष लगाना या मढ़ना, दोषी ठहराना; **the ~d** *n* (*sing* or *pl*) अभियुक्त, मुलज़िम; **~r** *n* इलज़ाम लगाने वाला, अभियोक्ता

accustom अकस्टम *vt* आदत डालना, आदी होना या बनना, अभ्यस्त होना या करना [**to ~ someone, oneself, to sth**]

accustomed *a* 1 (of person) आदी, अभ्यस्त, 2 (of thing) जिस की आदत या अभ्यास हो; अभ्यस्त, अभ्यासगत, नित्य प्रति का, आम दिनों का, साधारण

ace एस *n* 1 (ताश या पाँसे का) एक्का, **to have an ace up one's sleeve** समय पर बरतने के लिए अपने पास ज़बरदस्त दलील आदि होना, 2 हवाबाज़ जिसने शत्रु के कई विमान मार गिराये हों, 3 सिद्धहस्त व्यक्ति, मँजा हुआ खिलाड़ी, 4 न्यूनतम मात्रा, रत्ती भर [within an ace of collapse]

acephalous असेॅफ़लस *a* 1 बिना सिर का, शिरोहीन, अशिरस्क, 2 *bot* जिसका सिरा कटा हुआ हो

acerbity असर्बिटि *n* 1 तीखापन, तिक्तता, 2 (भाषा, स्वभाव, व्यवहार की) कटुता

acescent असेॅसन्ट *a* खट्टा (हो जाने वाला), शुक्त

acetic असीटिक *a* सिरके का [acetic acid]

acetous ऐसिटस *a* सिरके के गुणों वाला; खट्टा

acetylene असेॅट-लीन *n* एक वर्णहीन ज्वलनशील गैस, ऐसिटिलीन

ache एक *vi & n* पीड़ा होना, टीस मारना, दुखना, दर्द होना या करना, कसक उठना; *n* पीड़ा, दर्द, टीस, कसक

achieve अचीव *vt* 1 पूरा करना, कर दिखाना [to ~ one's objective], 2 प्राप्त करना, उपलब्ध करना [to ~ honour, victory, etc], 3 *vi* योग्यता या प्रवीणता के अभीष्ट स्तर तक पहुचना, अभीष्ट प्रवीणता प्राप्त करना, **~ment** *n* 1 पूरा करना, पूर्ति, निष्पादन; प्राप्ति [**~ment of one's** objective], 2 प्राप्त या उपलब्ध वस्तु, प्राप्ति, उपलब्धि, सिद्धि, 3 महान् कार्य, कारनामा

Achilles अकिलीज़ *n* ट्राय के युद्ध में सब से महान् ग्रीक सूरमा (जिसे एड़ी पर प्रहार कर के ही मारा जा सकता था); **Achilles' heel** *fig* कमज़ोर भाग या स्थान या प्रदेश (जिस पर आक्रमण हो सके)

achromatic ऐक्रमैटिक *a* वर्णरहित, वर्णहीन

acid^1 ऐसिड *a* 1 अम्ल, तीखा, खट्टा, 2 *fig* चुभने वाला, कटु, तीखा

acid^2 *n* 1 अम्ल, तेज़ाब, 2 **acid test** *chem* एक परीक्षण जिसमें अम्ल का प्रयोग होता है; *fig* कड़ी परीक्षा, अग्निपरीक्षा, यथार्थ परख, कसौटी

acidify असिडिफ़ाइ *vt* 1 अम्ल में परिवर्तित करना, अम्ल बना देना, 2 खट्टा करना

acidity असिडिटि *n* 1 आमाशय में अधिक खटाई होना, अम्लरोग, 2 खट्टापन, अम्लता

acidulous *a* किंचित् अम्ल, अम्लवत्; कुछ-कुछ खट्टा

ack-ack ऐक्-ऐक *a & n colloq* विमानभेदी (तोप)

acknowledge अक्नॉलिज *vt* 1 (कोई बात) सच मानना, मानना, स्वीकार करना, अंगीकार करना, 2 (व्यक्ति को किसी रूप में) मानना, समझना, मान्यता देना [He was ~d as king], 3 कदर करना, प्रशंसा करना; आभार मानना [I ~ your help]; to ~ a greeting नमस्कार के बदले नमस्कार करना, प्रत्यभिवादन करना, 4 रसीद देना, पावती देना, पहुंच लिखना [**to ~ (receipt of) a letter**]

acknowledgement *n* 1 स्वीकृति, अंगीकार, 2 सेवा या सहायता के बदले दी गई वस्तु, प्रतिदान, प्रत्युपकार, 3 *pl* लेखक की आभारोक्ति, 4 प्राप्ति-सूचना, पावती, रसीद

acme ऐक्मि *n* 1 उच्चतम बिन्दु या स्थान, शिखर, पराकाष्ठा, चरम सीमा [~ of perfection, happiness], 2 चरमोत्कर्ष (का काल) [~ of power, glory]

acne ऐक्नि *n* मुंहासा; मुंहासे का रोग

acolyte ऐक-लाइट *n* 1 पादरी का सहायक या अनुचर, 2 नौसिखिया

aconite ऐक-नाइट *n* 1 एक विषैला पौधा, बच्छनाभ, 2 इससे बना औषध

acorn एकॉर्न *n* शाहबलूत का फल, बंजुफल

acoustic अकूस्टिक *a* 1 श्रवणविषयक, ध्वनिविषयक, 2 (of building materials) ध्वनि को ज्यों का त्यों रखने वाला, **ध्वानिक**

acoustics *n pl* 1 (treated as *sing*) ध्वनिविज्ञान, 2 (as pl of room etc) यह गुण कि कमरे में ध्वनि कहां तक स्पष्ट और ज्यों की त्यों सुनाई देती है, ध्वनिगुण [The ~ of this hall are excellent]

acquaint अक्वेंट *vt* 1 सूचना देना, जानकारी देना, बताना, अवगत कराना [**to ~ someone with** the facts of a case], 2 **to ~ oneself with** जानकारी प्राप्त करना, जानना, 3 **to be ~ed with** (someone, something) से परिचित होना,

जानना, जानकारी रखना

acquaintance अक्वेन्टन्स *n* **1** परिचय, अच्छी जान-पहचान (न कि घनिष्ठता), **to make someone's ~** किसी से परिचय प्राप्त करना, **2** परिचित व्यक्ति, **3** (किंचित्)ज्ञान, जानकारी [his ~ with the oriental languages]; **~ship** *n* (व्यक्ति से) परिचय, जान-पहचान

acquiesce ऐक्वि-एँस **vi 1** (चुपचाप) स्वीकार कर लेना, मान लेना, आपत्ति न करना [**to ~ in a request**], **2** (मौन) सम्मति या सहमति देना [**to ~** in the arrangements]

acquiescence एक्विएँसन्स *n* मौन सहमति या सम्मति या स्वीकृति

acquiescent *a* मौन सहमति देने वाला, चुपचाप मान लेने वाला

acquire अक्वाइअर *vt* **1** उपलब्ध करना, उपार्जन करना, कमाना, प्राप्त करना, खरीदना, हस्तगत करना, **2** to ~ a taste for something बार-बार के उपयोग से किसी चीज का अच्छा या स्वादिष्ट या रुचिकर लगना; **to ~ a habit** आदत डाल लेना, आदत पड़ जाना

acquirement *n* **1** प्राप्ति, उपलब्धि, उपार्जन, **2** (सीखने से प्राप्त हुई) योग्यता, गुण, कौशल

acquisition ऐक्विज़िशन *n* **1** प्राप्त करने की क्रिया, पाना, प्राप्ति, उपलब्धि, उपार्जन, **2** प्राप्त की गई वस्तु या गुण आदि, उपलब्धि

acquit अक्विट *vt* **1** निर्दोष या निरपराध ठहराना [**to ~ someone of an offence**], **2** छोड़ देना, मुक्त करना, बरी करना, **3 to acquit oneself of a duty, task, etc** कर्तव्य निभाना, काम पूरा करना; **to acquit oneself well, ill** सौंपा गया काम अच्छी तरह, बुरी तरह, पूरा करना

acquittal अक्विटल *n* **1** (अदालत द्वारा) अपराध से मुक्त किया जाना; बरी किया जाना, रिहाई, **2** कार्य-निष्पादन

acquittance अक्विटन्स *n* **1** ऋण की अदायगी, भुगतान, चुकौती, **2** ऋणमुक्ति, **3** चुकौती की रसीद

acre एकर *n* **1** क्षेत्रफल की माप=४८४०वर्ग गज, एकड़, **2** God's Acre कब्रिस्तान

acreage *n* (एकड़ों में) क्षेत्रफल, (इतने) एकड़

acrid ऐक्रिड *a* **1** कड़ुवा, कटु; तीखा, तीता, चरपरा, **2** उग्रस्वभाव, तेज-तबीयत

acriflavine ऐक्रिफ़्लेविन *n* लाल रंग का पीपरोधी पाउडर

acrimonious ऐक्रिमोनियस **1** (of language, temperament, etc) कटु, चुभनेवाला, उग्र, तीक्ष्ण, **2** कटुतापूर्ण [~ debate] **, acrimony कटुता**

acrobat ऐक्र-बैट *n* **1** रस्सी पर चलने वाला, नट, बाजीगर, कलाबाज़, **2** *fig* राजनीति या बहस में जल्दी से पक्ष बदल लेने वाला

acrobatic ऐक्र-बैटिक *a* **1** नट-जैसा, नटवत्; नट का, **2** झट से पक्ष बदल लेने का; **~s** *n* **1** कलाबाज़ी, बाजीगरी, **2** अकस्मात् पक्षपरिवर्तन

acronym ऐक्र-निम *n* शब्दों के प्रथम अक्षरों से बना शब्द, *e.g.* Nato, Unesco

acropolis अक्रों-पलिस *n* किसी ग्रीक नगर (वि॰ ऐथन्स) का ऊंचाई पर बसा सुरक्षित भाग; गढ़, दुर्ग, किला

across अक्रॉस *adv* & *prep* **1** पार, उस पार, दूसरी तरफ़ [By now he is ~ (the channel)], **2** आर-पार [rope stretched ~ (the road)], **3** अचानक संपर्क में, अचानक मिला हुआ [On the way I came ~ my friend; in this book I came ~ such an instance]

act^{1} ऐक्ट *n* **1** काम, कार्य, कृत्य, कार्यवाही [act of kindness, hostility, etc], **2** आचरण, व्यवहार, अमल, **3** प्रार्थना, act of contrition पाप से मुक्ति के लिए प्रार्थना, प्रायश्चित्त, **4** करना, क्रिया, चेष्टा, हरकत, **in the act of** (काम) करते हुए [He was **caught in the very act of** stealing], **5** (नाटक का) अङ्क, **6** *Parl*: कानून, विधान, अधिनियम, ऐक्ट, **7 act and deed** पुष्टि करने वाला लेख या दस्तावेज; I deliver this as my act and deed मैं इसे स्वयं हस्ताक्षर कर के दे रहा हूं; मेरे द्वारा हस्ताक्षरित

act^{2} *vt* & *i* **1** (नाटक के पात्र का) अभिनय करना [to act Shakuntala, Hamlet, etc], **2** स्वांग भरना, ढोंग करना [to act outraged virtue], **3** की तरह व्यवहार करना [to act the fool], **4** *vi* करना, काम करना [It is time to act; the brake refused to act], **5** व्यवहार या बर्ताव करना [to act generously, to act like a friend], **6 to act as** के रूप में काम करना [to act as chairman, interpreter, etc], (*with prepp*), **7** to act **for** someone किसी की ओर से या किसी के प्रतिनिधि के रूप में काम करना, **8** to act **on, upon** (a suggestion etc) पर अमल करना, **9** प्रभाव डालना, असर करना [Alcohol acts upon the brain], **10 to act up to** (one's principles, convictions etc) के अनुसार काम करना, का अनुसरण या पालन करना

acting *a* & *n* **1** (वास्तविक पदाधिकारी की अनुपस्थिति में उसके स्थान पर) अस्थायी रूप से काम करने वाला, स्थानापन्न, कार्यवाहक [Acting President, Captain, etc], **2** वस्तुत: काम करने वाला, कार्यकारी [A~ Manager]; *n* अभिनय

actinic ऐक्टिनिक *a* (see foll) किरणों द्वारा रासायनिक परिवर्तन से संबंधित

actinism *n* किरणों का वह गुण जिससे किसी वस्तु में रासायनिक परिवर्तन होता है **, किरण-रसोक्रिया**

actinium ऐक्-टिनियम *n* विकिरणशील धातुविशेष

action^{1} ऐक्शन *n* **1** क्रिया, काम, कार्य, कार्यवाही, अमल, man of action कर्मठ या उद्यमी आदमी, **to take ~** कार्यवाही करना; out of action काम

न करता हुआ, बेकार, 2 प्रभाव, असर [~ of an acid on a metal], 3 action (at law) कानूनी कार्यवाही, मुकदमा, दावा, नालिश, अभियोग [to bring an action against someone], 4 लड़ाई, युद्ध [killed in ~]; **to go into action** कार्यवाही या लड़ाई शुरू करना ; out of action युद्ध से विरत; काम न करता हुआ, नाकारा, 5 *Theatr* कार्य, व्यापार, खेल, अभिनय; the scene of action कार्यस्थल, घटनास्थल, 6 अंगों की गति का ढंग, गतिविधि, चेष्टा, अंगविक्षेप [action of a player, horse, etc]

action^{2} *vt* किसी पर दावा करना, मुकदमा चलाना; **~able** *a* (शब्द, कथन या कार्यवाही) जिसके आधार पर किसी व्यक्ति पर मुकदमा चलाया जा सके, वादयोग्य

activate ऐक्टिवेट *vt* (संस्था, मंडली आदि में) जान डालना, सक्रिय बनाना, स्फूर्ति देना

active ऐक्टिव *a* 1 काम करता हुआ, सक्रिय, क्रियाशील, ~ volcano ज्वालामुखी जिससे लावा आदि निकलता रहता हो, 2 (of person) कर्मठ, उद्योगशील, उद्यमी, मुस्तैद [~ member]; **to take an ~ part** (in something) सक्रिय भाग लेना, 3 विकिरणशील, 4 *mil:* ~ service युद्धक्षेत्र में काम, लड़ाई में काम, 5 *gram:* ~ voice कर्तृ वाच्य

activism *n* राजनीति आदि में धड़ल्ले से काम करने की नीति, धड़ल्लेबाज़ी; **activist** *n* धड़ल्लेबाज , **कर्मठ व्यक्ति या सदस्य**

activity ऐक्टिविटि *n* 1 क्रिया, काम, कार्यवाही, चेष्टा, हलचल, सजीवता, 2 सक्रियता, क्रियाशीलता, फुर्ती, 3 उद्यम, परिश्रम, मेहनत, अध्यवसाय, 4 *pl* क्रियाकलाप, कार्यकलाप, सरगर्मियाँ [social, political, activities], 5 विकिरणशीलता

actor ऐक्-टर *n* 1 अभिनेता, नट; **actress** अभिनेत्री

actual ऐक्चुअल *a* 1 सचमुच विद्यमान, सचमुच का, असली, वास्तविक [Take an ~ case], 2 वर्तमान, विद्यमान [the ~ position of affairs], चालू

actuality ऐक्चु-ऐलिटि *n* 1 वास्तविकता, असलियत, 2 यथार्थवाद, 3 **actualities** वर्तमान स्थिति या परिस्थिति, वर्तमान समय

actualize ऐक्चुअलाइज़ *vt* 1 कार्यरूप में परिणत करना, कार्यान्वित करना, कर दिखाना, 2 (कल्पना या धारणा को) वास्तविक रूप देना

actually *adv* 1 सचमुच, वास्तव में, वस्तुतः, 2 इस समय, फ़िलहाल, 3 (यद्यपि यह हैरानी की बात है) तो भी; The stranger knocked at the door and ~ went inside आगन्तुक ने किवाड़ खटखटाया और (आश्चर्य यह है कि वह) अन्दर भी चला गया

actuarial ऐक्चु-एरियल *a* (see foll) बीमांकिक का

actuary ऐक्चु-अरि *n* बीमा-संबंधी विभिन्न आँकड़ों का विशेषज्ञ, बीमांकिक

actuate ऐक्चुएट *vt* 1 (यन्त्र आदि को) चालू करना, 2 (व्यक्ति को) प्रवृत्त करना, (प्रवृत्त होने का) कारण बनना या होना, प्रेरित करना [actuated by jealousy]

acuity अक्युइटि *n* तीक्ष्णता; नुकीलापन; (सूई का) नुकीलापन, (तेज़ाब का) तीखापन, (रोग की) तेज़ी, (बुद्धि की) कुशाग्रता, पैनापन; ~ of vision दृष्टि का पैनापन

acumen अक्यूमेन *n* बात की तह तक पहुँचने की योग्यता, विवेक, नीर-क्षीर-विवेक, कुशाग्र या पैनी बुद्धि, विदग्धता, गहरी सूझ-बूझ

acuminate *a:biol* नुकीला, नोकदार

acupuncture ऐक्यू-पंक्चर *n* (orig Chinese method) सूचिवेधन (द्वारा चिकित्सा)

acute अक्यूट *a* 1 नुकीला, नोकदार; acute angle न्यून कोण, 2 जिसका प्रभाव गहरा हो, तीव्र, तेज, भारी [~ sorrow, remorse], 3 (of disease) एकाएक उग्र रूप धारण करने वाला, तीव्र, सख्त [~ pain; ~ attack of gout], 4 (of senses) सूक्ष्मग्राही, पैना, तेज, तीक्ष्ण [~ eyesight], 5 (of mind, critic) बात की तह तक पहुँचने वाला, सूक्ष्मदर्शी, कुशाग्र, 6 (of sound) कर्णभेदी; तीक्ष्ण, तीखा, तीव्र, 7 (of difficulty, shortage) बहुत अधिक, भारी, जबरदस्त; ~ differences भारी या घोर मतभेद, 8 ~ accent उदात्त स्वर

adage ऐडिज *a* आचरण का परम्परागत सिद्धान्त, नीतिवचन; लोकोक्ति, कहावत

adagio अडाजिओ *n*, *adv* & *a* विलम्बित ताल (में)

Adam ऐडम *n* 1 बाबा आदम, 2 Adam's ale, Adam's wine पानी; Adam's apple टेंटुआ

adamant ऐड-मन्ट *n* 1 *arch* हीरा या अन्य कड़ी वस्तु, दुर्भेद्य पदार्थ, 2 (of person) ज़िद्द पर अड़ा रहने वाला, टस से मस न होने वाला, बात बिलकुल न मानने वाला, ज़िद्दी; **~ine** *a* 1 कड़ा, सख्त 2 अदम्य [~ine courage]

Adamite *n* 1 आदम की सन्तान, आदमी, मनुष्य, 2 आदम की तरह नग्न रहने वाला व्यक्ति

adapt अडैप्ट *vt* & *i* 1 (एक वस्तु को दूसरी में) बिठाना, जमाना, लगाना [to ~ one thing to another], 2 (वस्तु को किसी उद्देश्य के) अनुकूल बनाना, ढालना [to ~ something to a purpose], 3 (कथा, नाटक आदि का) रूपान्तर करना, 4 *vi* अपने आप को स्थिति के अनुसार ढालना [to ~ to conditions]

adaptability *n* अनुकूल बनने की योग्यता या क्षमता, (of person) मान जाने का स्वभाव, नम्रता, (of thing) लचीलापन, लोच

adaptable *a* 1 जिसे अनुकूल बनाया जा सके, जो अनुकूल बन सके, 2 रूपान्तरक्षम, 3 अपने आप को

परिस्थिति के अनुसार ढाल लेने वाला (~ person)

adaptation ऐडैप्टेशन *n* 1 अनुकूल बनाना, *biol* अनुकूलन, 2 (नाटक आदि का) परिवर्तित रूप, रूपान्तर; रूप बदलना, रूपान्तरण

adapter *n* यन्त्र के भिन्न आकार के भागों को जोड़ने का उपकरण, संयोजक

add ऐड *vt & i* 1 में जोड़ना, मिलाना, शामिल करना [Add him to the committee; Add the interest to the capital], 2 बढ़ाना, This adds to our difficulties इससे हमारी कठिनाइयां बढ़ती हैं; **to add insult to injury** हानि पहुँचाने के अतिरिक्त अपमान भी करना, जख्मों पर नमक छिड़कना, 3 और कहना, आगे कहना, 4 to add up, to add together जोड़ना, जमा करना, योग करना, 5 *vi* कुल योग होना [The assets add upto 5 lakhs]

addendum अडे`न्डम *n* (pl **-da**) 1 जो चीज़ बाद में जोड़ी गई हो; परिशिष्ट, 2 जो (छूटी हुई) चीज बाद में जोड़ी जानी हो, **योज्य**

adder ऐडर *n* एक प्रकार का छोटा विषैला सांप

addict^1 अडिक्ट *vt* 1 अभ्यस्त करना, तल्लीन करना, 2 (esp in pass) आदी बनाना, लत डालना [He is ~ed to drinking]

addict^2 ऐडिक्ट *n* मादक द्रव्य सेवन करने का आदी व्यक्ति, व्यसनी, opium ~ अफ़ीमी; **~ion** *n* आसक्ति, व्यसन, लत [**~ion to** opium]

addition अडिशन *n* 1 *math* जोड़ने या जमा करने की क्रिया, योग, 2 वृद्धि, परिवर्धन, बढ़ती, बढ़ोतरी [a welcome addition **to** my salary], 3 जोड़ी गई वस्तु [this (book) is a useful ~ **to** the library], नया (शामिल किया गया) सदस्य [He is a useful ~ to the club]

additional *a* 1 अतिरिक्त, और [There is an additional advantage in this], 2 अपर, अतिरिक्त [Additional District Magistrate]

additive ऐडिटिव *a & n* 1 जो जोड़ा या मिलाया जाना हो, संयोज्य, 2 जमा करने का, जोड़ने का, योग करने का, योगात्मक [~ process] ; *n* जोड़ी या मिलाई जाने वाली चीज़ [an ~ in butter etc to retard spoilage]

addle^1 ऐडल *a* 1 गन्दा, सड़ा हुआ, खराब [an ~ egg], 2 **~-brained, ~-head, ~-pated** जिसका दिमाग खराब हो, बुद्धिहीन, मूर्ख

addle^2 *vt & i* 1 गड़बड़ करना, भ्रम पैदा करना, 2 *vi* (of egg) सड़ना, खराब होना; **~d** *a* 1 भ्रान्त, 2 (of egg) गला-सड़ा

address^1 अड्रे`स *vt* 1 संबोधन करना [to ~ s.o.]; को कहना या लिखना, संबोधित करना [to ~ remarks to someone; to ~ one's prayers to God], 2 भाषण देना या करना, व्याख्यान देना [to ~ a gathering, meeting, etc], 3 to ~ a letter पत्र पर पता लिखना; to ~ a letter to someone किसी को पत्र लिखना या भेजना, 4 to **~ oneself to a task** किसी काम की ओर ध्यान देना, काम में लगना

address^2 *n* 1 भाषण, अभिभाषण, 2 पता, 3 मानपत्र, 4 चतुराई, होशियारी, दक्षता, प्रवीणता, 5 (in pl) प्रेम प्रस्ताव, प्रणय-याचना [to pay one's addresses to a lady] ; **~ee** *n* (पत्र) पाने वाला, प्रेषिती

adduce अड्यूस *vt* (प्रमाण या उदाहरण या दलील के रूप में) प्रस्तुत करना, पेश करना [to ~ reasons]

adenoids ऐडिनो`इड्ज़ *n pl* गले की गिल्टी, कण्ठ-ग्रन्थि

adept ऐडे`प्ट *a & n* निपुण, दक्ष, कुशल, निष्णात, सिद्धहस्त [~ **in something; ~ at doing something**]; *n* सिद्धहस्त व्यक्ति, कारीगर, विशेषज्ञ

adequacy ऐडिक्वे`सि *n* पर्याप्त मात्रा, पर्याप्तता

adequate ऐडिक्वेट *a* 1 जितना चाहिए उतना, काफ़ी, पर्याप्त, यथेष्ट, अपेक्षित [~ reward, help], 2 (of person) पर्याप्त सामर्थ्य या योग्यता वाला, के योग्य [He is ~ to the task]; **~ly** *adv* पर्याप्त रूप से, काफ़ी

adhere अड्-हियर *vi* 1 (वस्तु से) चिपकना, चिपका रहना, लग जाना, लगा रहना, 2 (व्यक्ति, दल का) साथ देना, समर्थन करना, अनुयायी बना रहना, 3 (मत, विचार पर) दृढ़ रहना, जमा रहना [to ~ to one's opinion, decision, etc], 4 (नियम आदि का) पालन करना, अनुसरण करना [to ~ to a rule]

adherence अड्-हियरन्स *n* (see prec) 1 चिपकाव, 2 लगाव, भक्ति, साथ [~ **to** a person, party], 3 पालन, अनुसरण

adherent अड्-हियरन्ट *a & n* 1 चिपका रहने वाला 2 (दल, व्यक्ति का) साथ देने वाला, समर्थक, *n* अनुयायी, समर्थक

adhesion अड्हीश्ज़न *n* 1 चिपकना, चिपकाव, 2 लगाव, भक्ति, साथ, 3 समर्थन, स्वीकृति [**to give one's ~ to a plan etc**], 4 *med* (शरीर के ऊतकों का) परस्पर जुड़ जाना, आसंजन

adhesive अड्-हीसिव *a & n* चिपचिपा, चिपकने वाला [~ tape]; *n* चिपचिपी वस्तु; **~ness** *n* चिपकने का गुण, चिपचिपाहट

adhibit अड्-हिबिट *vt* 1 चिपकाना, लगाना, 2 प्रयोग करना [to ~ a remedy]

ad hoc (L ऐड्हो`क), केवल इस काम के लिए, एतदर्थ, तदर्थ; विशेष [ad hoc committee]

adiabatic एडाइअ-बैटिक *a phys* जिसमें से गर्मी न गुजर सके, तापरोधक, तापरोधी

adieu अड्यू *int & n* विदाई के समय का अभिवादन; प्रणाम, नमस्कार, **to bid someone ~** किसी से विदा लेना

ad infinitum ऐड्-इन्फ़िनाइटम L phr अनन्त

काल तक, सदा के लिए, अनन्त

ad interim ऐड्-इन्-टरिम L *adv* & *a* इस बीच, बीच के समय में; *a* अन्तरिम

adipose ऐडिपोस *a* वसा या चर्बी का; वसामय, चर्बीदार [∼ tissue]

adit ऐडिट *n* (खान के भीतर जाने का) रास्ता, प्रवेशमार्ग, पहुँच

adjacency अ-जेसन्सि *n* (f. foll) निकटता [the park's ∼ to my house]

adjacent अ-जेसन्ट *a* 1 साथ लगा हुआ, मिला हुआ, सटा हुआ, संलग्न, निकटवर्ती [the park ∼ to my house], 2 (of angles) संलग्न

adjectival ऐ-जिक्टाइवल *a* 1 विशेषण का, 2 विशेषण के रूप में किया हुआ, विशेषणात्मक

adjective ऐ-जिक्टिव *a* गुणवाचक शब्द, विशेषण

adjoin अ-जॉइन *vt* जुड़ा होना, सटा होना, संलग्न होना [His house adjoins mine]

adjoining *a* सटा हुआ, संलग्न, साथ वाला [He lives in the ∼ house]

adjourn अ-जर्न *vt* & *i* 1 कुछ समय के लिए रोक देना, स्थगित करना, मुल्तवी करना, उठा रखना [to ∼ a meeting; to ∼ a matter, question etc], 2 *vi* (कार्यवाही, बैठक आदि का) स्थगित होना [The House adjourned sine die], 3 (बैठक का) स्थानान्तरित होना या करना, अगली बैठक दूसरे स्थान में करना

adjournment *n* 1 कार्यवाही रोक देना, स्थगन, 2 कार्यवाही का रुका रहना, रुके रहने का समय, अवकाश, 3 ∼ **motion** काम-रोको प्रस्ताव, स्थगन-प्रस्ताव

adjudge अ-जज *vt* 1 (अदालत द्वारा किसी मामले का) फ़ैसला करना, निर्णय देना [The will was adjudged void], 2 (अदालत द्वारा) प्रदान करना [The prize was adjudged to him], 3 समझना, ख्याल करना, ठहराना [He was adjudged the best speaker]

adjudicate अ-जूडिकेट *vt* & *i* 1 (जज या अदालत द्वारा) फ़ैसला करना, फ़ैसला सुनाना, निर्णय देना [to ∼ a claim], 2 निबटारा करना [to ∼ a quarrel], 3 *vi* (अदालत में) जज का काम करना, (प्रतियोगिता आदि में) निर्णायक का काम करना

adjudication *n* 1 (अदालती) निर्णय, न्याय-निर्णय, 2 आदेश, ∼ of bankruptcy दिवाले का आदेश

adjudicator *n* निर्णायक, पंच

adjunct ऐ-जन्क्ट *n* 1 संलग्न वस्तु, गौण या आनुषंगिक पदार्थ [∼ **to, of, something**], 2 (वि० अस्थायी रूप से नियुक्त) सहायक, अवर या अधीन कर्मचारी, 3 *gram* कर्ता या क्रिया का विस्तार करने वाला, अनुबन्ध, 4 *log* अतिरिक्त या अतात्त्विक गुण

adjuration *n* सशपथ प्रार्थना या अनुरोध

adjure अ-जुअर *vt* 1 शपथपूर्वक प्रार्थना या अनुरोध या आग्रह करना, 2 बहुत प्रार्थना करना, अनुनय-विनय करना [**to ∼ s.o. to do sth**]

adjust अ-जस्ट *vt* 1 (थोड़ा आगे-पीछे करके) ठीक करना, ठीक-ठाक करना [to ∼ a watch; to ∼ one's tie, hat, etc]; व्यवस्थित करना, 2 ठीक जगह पर रखना या बिठाना या जमाना [to ∼ an instrument, apparatus], समंजित करना, 3 परस्पर मेल बिठाना, अनुकूल बनाना [**to ∼ one thing to another**], समायोजित करना, 4 (वस्तु को किसी उद्देश्य के) अनुकूल या अनुसार बनाना, योग्य बनाना [**to ∼ sth to a purpose**], 5 **to ∼ oneself to new conditions** अपने आप को नई स्थिति के अनुसार ढालना, 6 to ∼ discrepancies असंगति या विषमता दूर करना, ताल-मेल बिठाना, सामंजस्य स्थापित करना

adjustment *n* 1 अनुकूलन, 2 समंजन, समायोजन, 3 ताल-मेल, समन्वय, सामंजस्य, 4 (झगड़े या मामले का) निपटारा

adjutant ऐजुटंट *n* 1 सहायक, 2 *mil* प्रवर अफ़सरों का सहायक अधिकारी जो उनके आदेश दूसरों तक पहुँचाता है और पत्रव्यवहार में सहायता करता है, सहायक, ऐजुटंट, 3 ∼ (**bird**) लकलक

administer अड्-मिनिस्टर *vt* & *i* 1 प्रबन्ध करना, व्यवस्था करना [to ∼ affairs], 2 शासन करना, प्रशासन करना [to ∼ a state, country], 3 to ∼ the oath to शपथ दिलाना, to ∼ remedies to दवा-दारू करना, औषधोपचार करना; to ∼ justice to न्याय-वितरण करना, न्याय-व्यवस्था करना; to ∼ laws कानून लागू करना, कानून-पालन की व्यवस्था करना

administration *n* 1 प्रबन्ध, व्यवस्था, संचालन [∼ of business], 2 प्रशासन, शासनाधिकारी वर्ग, शासकमंडल, मंत्रिमंडल, सरकार, 3 *law* मृतक की जायदाद का प्रबन्ध, 4 उपयोग, प्रयोग, ∼ of remedies औषधोपचार; ∼ **of justice** न्यायव्यवस्था

administrative *a* 1 प्रबन्ध-संबंधी, 2 प्रशासन-संबंधी, प्रशासनिक, प्रशासकीय

administrator *n* 1 प्रबन्धक, संचालक, 2 *law* मालिक की अल्पवयस्कता या अनुपस्थिति में उसकी जायदाद का प्रबन्धकर्ता, 3 प्रशासक

admirable ऐड्-म-रेबल *a* बहुत अच्छा, अत्युत्तम; प्रशंसनीय, अद्भुत, आश्चर्यजनक

admiral ऐड्-म्रल *n* नौसेनापति, नौसेनाध्यक्ष, ऐडमिरल

admiralty ऐड्-मरल्टि *n* नौसेनापति का कार्यालय या पद, नौसेना-विभाग

admiration एड्-मरेशन *n* 1 श्रद्धा, आदर की भावना, विस्मय की भावना, 2 प्रशंसा

admire अड्-माइअर *vt* 1 में श्रद्धा रखना; आदर करना; अच्छा समझना, 2 *colloq* प्रशंसा करना, तारीफ़ करना [I forgot to ∼ her cat]

admirer *n* 1 श्रद्धालु, 2 अनुरागी, प्रेमी, प्रणयाभि-

लाषी, चाहने वाला [~ of a woman], 3 प्रशंसक

admissible अड्-मिस-बल *a* 1 (of idea, plan) विचार या स्वीकार करने योग्य, 2 *law* मान्य [~ evidence], स्वीकार्य, 3 (पद) देने योग्य, पाने का अधिकारी [~ **to** an office]

admission अड्-मिशन *n* 1 भरती, प्रवेश, दाखिला [~ **to** a school etc], 2 प्रवेश-शुल्क, 3 स्वीकृति, मंजूरी, 4 मानना, स्वीकारोक्ति [~ **of error, guilt**]

admit अड्-मिट *vt* & *i* 1 (व्यक्ति आदि को) भीतर आने देना, प्रवेश करने देना, 2 (कक्षा, पाठशाला, अस्पताल आदि में) दाखिल करना, भर्ती करना [the patient was admitted **to** hospital], 3 (सच) मानना, स्वीकार करना [I ~ I made a mistake], 4 to ~ a claim दावा या हक स्वीकार करना, 5 *vi* **to admit of** की गुंजाइश होना [His statement does not ~ **of** doubt; the arrangements ~ **of** improvement]

admittance अड्-मिटन्स *n* प्रवेश, प्रवेश की अनुमति, आने देना [no ~ except on business]

admittedly *adv* यह सब मानते हैं कि, हां

admix अड्-मिक्स *vt* & *i* 1 (किसी चीज़ में कुछ) मिलाना, मिश्रित करना, 2 *vi* मिलना, मिश्रित होना

admixture *n* 1 मिलाई हुई चीज़, मिलावट, 2 मिलाना, मिश्रण

admonish अड्-मॉनिश *vt* 1 भर्त्संना करना, झिड़कना, डाँटना, 2 अनुरोध करना, उपदेश या नसीहत करना [to ~ someone to do, that he should do, something], 3 चेतावनी देना, खबरदार करना, सूचित करना, जताना [to ~ someone of a danger]

admonishment, admonition *nn* 1 भर्त्संना, डाँट-फटकार, 2 अनुरोध, उपदेश, नसीहत, 3 चेतावनी

ad nauseam (L ऐड्-नॉसिऐम) इतना जिससे कि ग्लानि या घृणा उत्पन्न हो जाय [He repeated the story ad nauseam]

ado अडू *n* 1 काम, कार्यवाही, शोर-गुल, दौड़-धूप, **without more ado** तुरन्त, 2 बखेड़ा, बतंगड़, खलबली, घबराहट **to make much ado about nothing** बिना कारण हो-हल्ला करना, बात का बतंगड़ बनाना

adolescence ऐड-लेंसन्स *n* उठती जवानी, नवयौवन, यौवन, युवावस्था, तरुणावस्था

adolescent ऐड-लेंसन्ट *a* & *n* 1 १४ वर्ष से २५ वर्ष तक का (लड़का), तरुण, नवयुवक, किशोर, 2 १२ से २१ वर्ष तक की (लड़की), किशोरी, नवयुवती, युवती

adopt अडॉप्ट *vt* 1 (किसी को) अपना संबंधी वि० पुत्र या पुत्री बना लेना, गोद लेना, दत्तक लेना [to ~ someone as son], 2 (किसी का विचार) अपनाना, ग्रहण करना, 3 (तरीका या पद्धति) अपनाना, अख़्तियार करना [to ~ a course], 4 (रिपोर्ट, प्रस्ताव, विधेयक आदि) पास करना, स्वीकार करना [to ~ a report etc], पारित करना

adoption अडॉप्शन *n* 1 दत्तक-ग्रहण, 2 (रिपोर्ट, प्रस्ताव आदि की) स्वीकृति, पास या पारित किया जाना

adoptive *a* 1 गोद लिया हुआ, ~ son दत्तक पुत्र, 2 गोद लेने वाला, दत्तकग्राही, ~ **father** धर्म-पिता

adorable अडॉरेबल *a* 1 श्रद्धेय, पूज्य, आदरणीय, 2 प्रेम या अनुराग के योग्य, 3 आराध्य, पूज्य

adoration ऐड-रेशन *n* 1 अगाध श्रद्धा एवं अनुराग; पूजा की भावना, 2 अगाध प्रेम, 3 पूजा, आराधना

adore अडॉर *vt* 1 (किसी के प्रति) अगाध श्रद्धा एवं अनुराग होना; बहुत आदर तथा प्रेम करना, 2 (देवता की भांति) पूजा करना, आराधना करना, बहुत प्रेम करना [He ~d her], 3 *colloq* बहुत पसन्द करना, (वस्तु का) बहुत अच्छा लगना [I ~ mangoes]

adorer *n* 1 श्रद्धालु, भक्त, अनुरागी, 2 प्रेमी, प्रणयाभिलाषी

adorn अडॉर्न *vt* 1 सौन्दर्य या शोभा बढ़ाना, श्रीवृद्धि करना, अलंकृत करना [poets who ~ed the court of Vikramaditya], 2 आभूषण पहनाना, विभूषित करना, सजाना [hair ~ed with flowers]; शृंगार करना

adornment *n* 1 सौन्दर्यवृद्धि का कारण या साधन, आभूषण, अलंकार, शृंगार, 2 व्यक्ति जिससे सभा की श्रीवृद्धि हो, अलंकार, 3 अलंकृत करना, अलंकरण, सौन्दर्यवर्धन, प्रसाधन

adrenal अड्रीनल *a* गुर्दे पर या गुर्दे के निकट स्थित, अधिवृक्क [~ glands]

adrift अड्रिफ़्ट *adv* & *pred a* 1 (of ship) हवा और लहरों के ज़ोर से बहता हुआ [**to go, run, adrift**], 2 (of person) भाग्य और परिस्थितियों के अधीन, असहाय, 3 डाँवाँ डोल, अस्थिरचित्त

adroit अड्रॉइट *a* चतुर, होशियार, दक्ष, कुशल

adroitness *n* चतुराई, होशियारी, दक्षता, कौशल

adsorb ऐड्सॉर्ब *vt* (usu of solid) गैस या द्रव के अणुओं को अपनी सतह पर जमा लेना (न कि चूस लेना), अधिचूषण करना, अधिशोषण करना [charcoal ~s gases]

adsorption *n* अधिचूषण, अधिशोषण

adulate ऐड्युलेट *vt* चापलूसी करना, खुशामद करना, झूठी प्रशंसा करना; **adulation** *n* चापलूसी, खुशामद, चिकनी-चुपड़ी बातें, चाटुकारिता, झूठी प्रशंसा करना; **adulatory** *a* चाटुकारिता का; चापलूसी-भरा

adult ऐडल्ट *a* & *n* 1 वयस्क, बालिग़, प्रौढ़, 2 ~ education उन लोगों को पढ़ाना जिनकी स्कूल जाने की उमर बीत गई है, वयस्क-शिक्षा; ~ **franchise** = ~ **suffrage** वयस्क-मताधिकार

adulterant अडल्टरन्ट *a* & *n* मिलाया जाने वाला (पदार्थ), मिलावट, खोट

adulterate^1 अडल्टरिट *a* 1 (f. adultery) व्यभि-

चारी, 2 (f. foll) मिलावटी, खोटा, अपमिश्रित

adulterate^2 अडल्टरेट *vt* (वि० खाने-पीने की चीज़ में कोई घटिया चीज मिला कर) बिगाड़ना, मिलावट करना, खोट मिलाना, अपमिश्रित करना; ~**d** *a* मिलावटी, अपमिश्रित; **adulteration** *n* 1 खोट मिलाने की क्रिया, अपमिश्रण, 2 मिलाई हुई चीज, मिलावट, 3 मिलावटी या अपमिश्रित वस्तु

adulterer *n* व्यभिचारी; **adulteress** व्यभिचारिणी

adulterine अडल्टराइन *a* 1 जारज, हरामी [~ child], 2 मिलावटी, खोटा, अपमिश्रित

adulterous अडल्टरस *a* व्यभिचारी, व्यभिचार का

adultery अडल्टरि *n* विवाहित पुरुष (या स्त्री) का अन्य स्त्री (या पुरुष) के साथ संभोग, व्यभिचार

adumbrate ऐडम्ब्रेट *vt* 1 रूप-रेखा प्रस्तुत करना या बनाना, ख़ाका खींचना [to ~ a plan], 2 झलक दिखाना, आभास देना, संकेत देना; पूर्वसूचना देना, 3 अंधेरा करना, छाया डालना; **adumbration** *n* 1 रूप-रेखा, खाका, 2 झलक आभास, संकेत, 3 पूर्वसूचना

ad valorem (L ऐड्वलॉरम) मूल्यानुसार (आयात-कर, उत्पादन-कर आदि) [ad valorem duty]

advance^1 अड्वांस *vt* & *i* 1 आगे बढ़ाना [to ~ the troops], 2 (योजना आदि को) कार्यान्वित करने में सहायता करना, प्रोत्साहित करना, बढ़ावा देना, आगे बढ़ाना [to ~ a plan etc], 3 (सुझाव) देना, प्रस्ताव करना [to ~ a suggestion etc]; प्रस्तुत करना, पेश करना [to ~ a claim], 4 निश्चित समय से पहले करना [to ~ one's visit by a day etc], 5 पेशगी (रुपया) देना, उधार देना, साई देना [to ~ someone money], 6 (कीमत) बढ़ाना *vi* 1 आगे बढ़ना, 2 प्रगति या उन्नति करना, 3 (कीमत) बढ़ना

advance^2 *n* 1 आगे बढ़ना, अग्रगति, 2 प्रगति, उन्नति, सुधार, 3 किसी से जाकर मिलना और बातचीत करना, मित्रता या समझौते का प्रस्ताव, 4 (usu in pl) संभोगार्थ चेष्टा या प्रस्ताव, प्रेम-प्रस्ताव, 5 अग्रिम धन, अगाऊ, पेशगी, साई, **6 in advance** समय से पहले, पेशगी [to arrive, book, pay, in ~]; in advance of के आगे (पहुँचा हुआ या स्थित); ~ booking यात्रा या नाटक आदि की तारीख से पहले टिकट लेना, ~ **copy** (of a book etc) प्रकाशन से पूर्व दी गई प्रति, अग्रिम प्रति, ~ **guard** *mil* मुख्य सेना के आगे-आगे जाने वाली टुकड़ी, अग्रिम दल, हरावल

advanced *a* 1 आगे बढ़ा हुआ; आगे स्थित, अग्रवर्ती, अग्रिम [~base, post, etc], 2 जिस में काफ़ी प्रगति हो चुकी हो, The work is well advanced काम काफ़ी हो चुका है; ~ **studies** ऊँची शिक्षा; ~ ideas, people प्रगतिशील विचार, प्रगतिशील लोग; ~ in age वृद्ध, बूढ़ा

advantage^1 अड्-वान्टिज *n* 1 लाभ, फ़ायदा, 2 वरीयता, श्रेष्ठता, to have the ~ of someone किसी की अपेक्षा अच्छी स्थिति में होना; **to gain an ~ over someone** किसी की अपेक्षा अच्छी स्थिति में पहुँच जाना, बाज़ी ले जाना; **to take ~ of** something किसी बात से (अनुचित) लाभ उठाना [He took ~ of my absence]; to take ~ of someone किसी के भोलेपन या कमज़ोरी आदि से अनुचित लाभ उठाना, किसी को उल्लू बनाना, 3 **to advantage** जिससे किसी के गुण अच्छी तरह प्रकट हों [He was heard to ~]; to turn something to ~ किसी चीज को लाभकारी बना लेना **, से लाभ उठाना**

advantage^2 *vt* 1 लाभदायक होना, को लाभ पहुँचाना, 2 प्रोत्साहन देना, बढ़ावा देना, तरक्की देना [to ~ someone, something]

advantageous ऐड्-वन्टेजस *a* 1 लाभदायक, लाभप्रद, फ़ायदेमन्द 2 अनुकूल

advent ऐड्वेॅन्ट *n* 1 (बड़े आदमी का) आगमन, पदार्पण, 2 (महत्वपूर्ण घटना या चीज का) आगमन, आविर्भाव; आविष्कार [the ~ of spring; the ~ of the motor car], 3 (देवता, महापुरुष का) अवतार, 4 **Advent** क्रिसमस से पहले के कुछ दिन; ईसा का आगमन या पुनरागमन

Adventist ऐड्-वन्टिस्ट *n* यह मानने वाला (संप्रदाय या व्यक्ति) कि ईसा का जल्दी ही पुनरागमन होगा **, ईसा-अवतारवादी**

adventitious ऐड्वेॅन्टिशस *a* 1 बाहर से आने वाला, बाहरी, बाह्य, 2 अपूर्वचिन्तित, आकस्मिक, संयोगवश, 3 *law* सगोत्र या सपिंड से (न कि माता-पिता से) प्राप्त होने वाला [~ property] 4 *bot* अजीब जगह पर प्रकट होने वाला, अस्थानिक, अपस्थानिक [~ root]

adventure^1 अड्वेॅन्चर *n* 1 साहस का काम, बहादुरी का काम, 2 असाधारण एवं रोमांचक घटना या काम [the spirit of ~], 3 संकटपूर्ण काम, संकट, जोखिम, 4 सट्टा

adventure^2 *vi* 1 खतरा मोल लेना, जोखिम उठाना, 2 साहस या हिम्मत करना, to adventure **into, upon,** a place किसी जगह जाने का साहस करना, to ~ upon an undertaking कोई उद्योग-धंधा आरंभ करने का साहस करना

adventurer अड्वेॅन्चरर *n* 1साहसी पुरुष, साहसिक, जांबाज़, 2 भाड़े का सैनिक, 3 सट्टेबाज, 4 चलाकी-चतुराई से (न कि परिश्रम से) जीविका कमाने वाला; तिकड़मी, चालबाज़

adventurism *n* (राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में संकट मोल लेने की) दुस्साहसपूर्ण नीति या कार्यवाही, दुस्साहसवाद

adventurous अड्-वेॅन्चरस *a* 1 अदूरदर्शी, अविमृश्यकारी, 2 साहसी, हिम्मती, बेधड़क, 3 (of act) साहस का, साहसपूर्ण; जोखिम-भरा, संकटपूर्ण; रोमांचक

adverb ऐड्-वर्ब *n* क्रियाविशेषण

adversary ऐड्वर्सरि *n* 1 विरोधी, प्रतिद्वन्द्वी, प्रतिपक्षी, 2 वैरी, शत्रु, दुश्मन

adversative अड्-वर्स-टिव *a* (of words etc) भिन्नतावाची, विरोधवाची, विपरीतवाची ['But' is an ~ conjunction]

adverse ऐड्-वर्स *a* 1 प्रतिकूल, विरोधपूर्ण, हानिकारक [~ criticism, remarks]; **adverse balance of trade** आयात का निर्यात से अधिक होना, आयात-निर्यात का प्रतिकूल अन्तर; ~ circumstances प्रतिकूल परिस्थिति, 2 प्रतिकूल (दिशा में), विपरीत, उल्टा, ~ wind सामने की हवा

adversity अड्वर्सिटि *n* 1 दुर्भाग्य, बुरे दिन, 2 आपत्ति, विपत्ति, मुसीबत, दुःख

advert अड्वर्ट *vi* (लेख या भाषण में) चर्चा करना, उल्लेख करना, हवाला देना [to ~ to something]

advertise ऐड्वर्टाइज *vt* & *i* 1 (माल का) विज्ञापन देना, इश्तहार देना [to ~ goods], 2 सर्वविदित करना, प्रचारित करना, ढोल पीटना [to ~ a fact], 3 (किसी को) सूचित करना, विज्ञापित करना [**to ~ someone of something**], 4 *vi* to ~ **for** a clerk etc क्लर्क के लिए इश्तहार देना या निकलवाना

advertisement अड्-वर्टिस्-मन्ट *n* विज्ञापन, इश्तहार; सार्वजनिक घोषणा, ढिंढोरा

advice अड्-वाइस *n* 1 उपदेश, नसीहत [to act on someone's ~], 2 परामर्श, सलाह [to take s.o.'s ~], 3 (सौदा तय होने की) सूचना, 4 *pl* (दूर से मिली) सूचना, खबर [advices from abroad inform us that...]

advisable अड्-वाइज़-बल *a* जिस (बात) की सिफ़ारिश की जा सके, अमल करने लायक, उपयुक्त, उचित, ठीक

advise अड्-वाइज़ *vt* 1 मन्त्रणा देना, सलाह देना, सिफ़ारिश करना [They ~ caution], 2 नसीहत देना, उपदेश करना या देना, समझाना, 3 सूचना या खबर देना [**to ~ someone of something**]

advised *a* 1 जान-बूझ कर या सोच-समझ कर किया हुआ, ज्ञानकृत, 2 **ill-advised** बे सोचे-समझे काम करने वाला, अविवेकी; (of action) नासमझी का, बेवकूफ़ी का, **well-advised** समझदार, विवेकी; समझदारी का, विवेकपूर्ण; ~ly *adv* जान-बूझ कर, सोच-समझ कर

adviser *n* परामर्शदाता, सलाहकार

advisory अड्वाइज़रि *a* 1 परामर्शदाता, सलाहकार [~ committee], 2 परामर्श देने का, परामर्श देने से संबंधित. his role is purely ~ उसका काम केवल सलाह देना है

advocacy ऐड्-व-क-सि *n* 1 समर्थन, पक्षपोषण, वकालत, 2 सिफारिश

advocate एड्-व-किट *n* & *vt* 1 (सिद्धान्त, नीति आदि का) समर्थन करने वाला, समर्थक [~ of free trade], 2 किसी की ओर से बोलने वाला, किसी का पक्ष पुष्ट करने वाला, समर्थक, 3 वकील, एडवोकेट, अधिवक्ता; *vt* ऐड्-व-केट 1 के पक्ष में कहना, समर्थन करना, 2 सिफ़ारिश करना

aegis ईजिस *n* 1 आश्रय, छत्रछाया, संरक्षण, 2 देख-रेख, तत्त्वावधान [**under the ~ of**]

aeolotropic *a* (see foll) विषमदिक्

aeolotropy ईअ-लॉट्रपि *n* दिशापरिवर्तन पर आधारित गुण-परिवर्तन, **विषमदैशिकता**

aeon, eon ईअन *n* 1 (सृष्टि का) युग, कल्प, 2 अनन्तकाल, युग

aerate ऍअरेट *vt* हवा में रखना, हवा लगने देना, 2 (पानी में) गैस भरना, 3 **aerated water** गैस-मिला पेय, सोडा(-वाटर)

aerial^1 ऍअरियल *a* 1 हवा का, हवाई, गैस-जैसा, 2 हवा की तरह हलका, अत्यन्त सूक्ष्म, 3 आकाश में विचरने या रहने वाला, आकाशीय, हवाई [~ **ropeway**], 4 विमान से किया जाने वाला [~ bombardment, photography], 5 ख्याली, काल्पनिक

aerial^2 *n* विद्युत् तरङ्ग पकड़ने वाला तार, एरियल

aerie see eyrie

aeriform *a* 1 हवा-जैसा, गैस-जैसा, 2 सारहीन, निस्सार, काल्पनिक

aerobatics ऍअर-बैटिक्स *n* हवाई करतब

aerobe ऍअरोब *n* हवा या आक्सीजन में ही जीवित रहने वाला अणुजीव, वायुजीव

aerodrome ऍअर-ड्रोम *n* हवाई अड्डा

aerogram ऍअर-ग्रैम *n* हवाई-(डाक का) पत्र

aerolite *n* अन्तरिक्ष से गिरा पत्थर, उल्काश्म

aeronaut ऍअर-नॉट *n* विमान-चालक, वैमानिक

aeronautical *a* विमानचालन-संबंधी, वैमानिकीय

aeronautics ऍअर-नॉटिक्स *n* विमानचालन-विज्ञान, वैमानिकी

aeroplane ऍअर-प्लेन *n* हवाई जहाज़, विमान

aesthete ईस्थीट *n* सौन्दर्य की पहचान रखने वाला, सौन्दर्य का पारखी, सौन्दर्यशास्त्री, सौन्दर्यप्रेमी, सौन्दर्योपासक

aesthetic ईस्थेॅटिक *a* 1 सौन्दर्यबोध-संबंधी, सौन्दर्यशास्त्र-संबंधी, 2 सौन्दर्य की पहचान रखने वाला; सौन्दर्योपासक, सौन्दर्यप्रेमी, 3 सुरुचिपूर्ण, सुरुचिसम्पन्न; ~**ism** *n* 1 कला आदि में सौन्दर्य को सर्वोपरि महत्त्व देने का सिद्धान्त, 2 सौन्दर्योपासना

aesthetics *n* 1 सौन्दर्य-संवेदन, सौन्दर्यबोध, 2 सौन्दर्यशास्त्र **सौन्दर्यमीमांसा**

aestival, estival ऍस्टाइवल *a* ग्रीष्म-सबंधी, ग्रीष्म में होने वाला, ग्रीष्मकालीन

aestivate ऍस्टिवेट *vi* (जीव-जन्तुओं का) ग्रीष्म में निष्क्रिय रहना, निष्क्रियता में ग्रीष्म बिताना; **aestivation** *n* 1 ग्रीष्मकालीन निष्क्रियता, 2 *bot* कली में पंखड़ियों का विन्यास, दलविन्यास (cf. vernation)

aether ईयर=ether 1, 2

aetiology, etiology ईटियॉल-जि *n* 1 कारण निर्धारित करना, कारण-निर्धारण, 2 कारण-विज्ञान, हैतुकी, 3 रोगहेतु-विज्ञान, निदानविद्या

afar अफ़ार *adv* दूर, दूर तक, दूरी पर; from afar दूर से

affability ऐफ़-विलिटि *n* मिलनसारी; अच्छा स्वभाव, सौजन्य

affable ऐफ़-बल *a* मिलनसार; शिष्ट, सुशील, भद्र, अच्छे स्वभाव का

affair अफ़ेयर *n* 1 कार्य, काम, काम-धंधा, मामला, 2 किसी से संबंधित काम, किसी का काम [That is my affair], 3 (स्त्री-पुरुष का) अनुचित प्रेम, 4 *pl* दुनियावी काम या मामले, कारबार; घटनाएं, **current affairs** आधुनिक घटनाएं या मामले; **world affairs** अन्तर्राष्ट्रीय मामले

affect^1 अफ़ेॅक्ट *vt* 1 स्वांग भरना, आडंबर या ढोंग करना, बनना [He affects the free-thinker], 2 बहाना करना [He ∼s, ignorance, to be ignorant]

affect^2 *vt* 1 (रोग का किसी को) ग्रस्त कर लेना, खराबी पैदा करना [it ∼s the liver], 2 प्रभावित करना, प्रभाव डालना, (बुरा) असर डालना [The climate has ∼ed his health], 3 से लगाव या संबंध होना [it ∼s me personally], 4 (in *pass*) दयार्द्र होना, पसीजना

affect^3 *n* (*psych*) (कार्य में प्रवृत्त करने वाला) मनोभाव, भावना, इच्छा

affectation *n* 1 दिखावा, ढोंग, आडम्बर, 2 बहाना, 3 कृत्रिमता, बनावटीपन

affected *a* 1 कृत्रिम, बनावटी, दिखावटी [∼ piety], 2 (of person) आडंबरी, ढोंगी, 3 (with *adv*) to be well, ill,-affected towards someone किसी के प्रति सद्भावना, दुर्भावना, होना

affection अफ़ेॅक्शन *n* 1 स्नेह, प्रेम, अनुराग, सद्भावना [∼ for, towards, someone], 2 भाव, मनोभाव, भावावेश, 3 रोग, 4 मनोदशा, मनःस्थिति; प्रवृत्ति, झुकाव, रुझान

affectionate अफ़ेॅक्शनिट *a* 1 प्रेमी, स्नेही, 2 स्नेहपूर्ण, प्रेमभरा

affective अफ़ेॅक्टिव *a* 1 भावुक, भावुकतापूर्ण, 2 *psych* मनोभाव-संबंधी, भावना-संबंधी, मनोदशा-संबंधी

afferent ऐफ़-रन्ट *a* (of nerve, vein, etc) भीतर ले जाने वाला, अभिवाही

affiance अफ़ाइअंस *n* & *vt* (विवाह-संबंधी) प्रतिज्ञा या वचन, वाग्दान, सगाई; *vt* विवाह की प्रतिज्ञा करना, वाग्दान करना, to be ∼ed to someone किसी से मंगनी होना

affidavit ऐफ़िडेविट *n* सशपथ बयान जिसे अदालत में प्रमाण के रूप में पेश किया जाता है, शपथपत्र, हलफ़नामा

affiliate अफ़िलिएट *vt* & *n* 1 (of a society) व्यक्तियों या अन्य संस्थाओं को अपने में सम्मिलित करना, अपना सदस्य बनाना, 2 **to ∼ oneself to, with, a society** का सदस्य बनना; *n* सदस्य, संबद्ध संस्था

affiliation *n* संबंध, सम्बद्धता, सदस्यता

affined अफ़ाइन्ड *a* (see foll) निकट संबंध रखने वाला, संबद्ध

affinity अफ़िनिटि *n* 1 विवाहजन्य या अन्य निकट संबंध, रिश्ता, 2 (प्राणियों, पौधों, भाषाओं आदि की रचना में) सादृश्य, समानता, साम्य, 3 *fig* (स्वभाव, प्रकृति, गुण, रूप आदि की) समानता (जो एक परिवार के व्यक्तियों में होती है, गुणसाम्य, रूपसाम्य, 4 **affinity for** के प्रति आकर्षण; **affinity between** परस्पर आकर्षण या अनुराग, 5 *chem* तत्त्वों की परस्पर संयुक्त होने की प्रवृत्ति, संयोगप्रवृत्ति, युयुक्षा

affirm अफ़र्म *vt* & *i* 1 निश्चयपूर्वक कहना, दृढ़ता से कहना, सच कहना, 2 *law* (फ़ैसले की) पुष्टि करना, 3 *vi* (बिना शपथ लिए) सच्चे दिल से कहना

affirmation *n* 1 *law* पुष्टि, 2 सच्चे दिल से कही गई बात, अभिवचन **प्रतिज्ञा**

affirmative अफ़र्म-टिव *a* & *n* स्वीकारात्मक, स्वीकृतिसूचक; *n* स्वीकृतिसूचक कथन, हां, He answered in the ∼ उसने उत्तर दिया 'हां'

affix^1 अफ़िक्स *vt* लगाना, चिपकाना; नत्थी करना, बांधना, जोड़ना, to ∼ a seal (*to* a document) पर मोहर लगाना; to ∼ one's *signature* (*to* a contract) पर हस्ताक्षर करना

affix^2 ऐफ़िक्स *n* 1 जो वस्तु किसी के साथ जोड़ी जाये, परिशिष्ट, अनुबन्ध, 2 *gram* (शब्द के पहले या पीछे जोड़ा जाने वाला) प्रत्यय (prefix *or* suffix)

afflict अफ़्लिक्ट *vt* 1 (शारीरिक अथवा मानसिक) कष्ट देना, पीड़ा पहुँचाना, तकलीफ़ देना, दुःख देना, 2 **afflicted with** से पीड़ित

affliction अफ़्लिक्शन *n* (see prec) 1 कष्ट, पीड़ा, दुःख, संताप, 2 विपत्ति, मुसीबत, दुर्भाग्य, 3 कष्ट या पीड़ा या मुसीबत का कारण, कष्ट या दुःख देने वाली बात या चीज़

affluence ऐफ़्लुअंस *n* 1 विपुल धन-संपत्ति; समृद्धि, अमीरी, 2 प्राचुर्य, बहुतायत, भरमार

affluent ऐफ़्लुअन्ट *a* & *n* 1 धनवान्, समृद्ध, संपन्न, अमीर [an ∼ society], 2 निर्बाध बहता हुआ, प्रचुर, विपुल, भरपूर, 3 ∼ **in something** से परिपूर्ण; *n* सहायक नदी, उपनदी

afflux ऐफ़्लक्स *n* बिन्दु या स्थान की ओर प्रवाह, अभिवाह

afford अफ़ॉर्ड *vt* 1 देना, प्रदान करना [The tree afforded us shelter]; उपलब्ध कराना, प्रस्तुत करना [The meeting ∼ed me an opportunity to express my views], 2 (with *can*) आर्थिक सामर्थ्य रखना, खर्च कर सकना [He can ∼ a car]; अपने बस का होना, कर सकना [I can ~ to wait]; के बिना काम चला सकना, दे सकना

afforest अफ़ोॅरिस्ट *vt* जंगल लगाना; **~ation** *n* वनरोपण

affranchise अफ़्रैन्चाइज़ *vt* दासता से मुक्त करना, ज़िम्मेवारी से मुक्त करना; **~ment** *n* दासता से मुक्ति

affray अफ़्रे *n* 1 दंगा, फ़साद, उपद्रव, हंगामा

affreightment अफ़्रेट्मन्ट *n* माल के लिए जहाज़ किराये पर लेना

affront अफ़्रन्ट *n* & *vt* घोर अपमान [to offer an ~ to someone]; *vt* 1 घोर अपमान करना, तौहीन करना, 2 शरमिन्दा करना, 3 सामने आना या होना; सामना करना

affusion अफ़्यूश्ज़न *n* (of water etc as in baptism) उंडेलना, डालना

afield *adv* 1 (of labourer) खेत में; (of warrior) रणक्षेत्र में, 2 घर से दूर; दूर [to go far ~]

afire *adv* & *pred a* 1 जलता हुआ [to set a house ~], 2 *fig* बहुत उत्सुक

aflame *adv* & *pred a* 1 जलता हुआ, 2 जाज्वल्यमान्, दीप्तिमान् [~ with colour], 3 बहुत उत्सुक [~ with curiosity]

afloat अफ़्लोट *adv* & *pred a* 1 तैरता हुआ, बहता हुआ; **to set a ship ~** जहाज़ को पानी में उतारना, 2 (हवा में) उड़ता हुआ, 3 जहाज़ पर, 4 पानी में डूबा हुआ, 5 ऋणमुक्त (व्यक्ति या संस्था), 6 प्रचलित, The rumour is ~ अफ़वाह फैली हुई है

afoot *adv* & *pred a* 1 जागा हुआ, काम में लगा हुआ, 2 जारी, जिस पर अमल हो रहा हो; **Preparations are ~** तैयारियां हो रही हैं

afore^{1} *adv* & *prep* (*naut*) सामने, सम्मुख [~ the mast]

afore-^{2}*comb form* पूर्व-, उपरि-, पहले; **aforesaid, aforementioned** पूर्वोक्त, उपरिलिखित

a fortiori L ए फ़ॉर्टियाराइ *adv* & *a* अधिक निर्णयात्मक (ढंग से), और अधिक, और भी

afraid अफ़्रेड *pred a* 1 जिसे डर हो, डरा हुआ, भयभीत [~ **of** someone, something]; to be afraid **to do** something करने से डरना [People are ~ to give evidence]; Witnesses are ~ lest the accused should take revenge on them गवाहों को डर लगता है कि कहीं अभियुक्त उन से बदला न ले, 2 *colloq* I'm afraid मुझे खेद है, मेरा ख्याल है, लगता है कि [I'm ~ I am late]

afresh अफ़्रेॅश *adv* नये सिरे से, फिर से, दुबारा

Afrikaans ऐफ़्रिकान्स *n* दक्षिण अफ्रीका में बोली जाने वाली (किंचित् परिवर्तित) डच भाषा, ऐफ्रिकान्स

Afrikaner ऐफ़्रिकानर *n* (see prec) दक्षिण अफ्रीका में ऐफ्रिकान्स-भाषी गोरे लोग

aft आफ़्ट *adv* (*naut*, *aeron*) जहाज़ या विमान के पिछले भाग में

after^{1} आफ़्टर *adv*, *prep* & *conj* 1 पीछे [Look before and after]; बाद (में), पश्चात् [He returned soon ~]; *prep* 1 पीछे [Close the door ~ you], 2 **to be ~ someone, something** किसी का पीछा करना, किसी की तलाश में होना, 3 के अनुसार [after a pattern, fashion, etc], 4 **after all** ऐसा होते हुए भी, फिर भी, तो भी [after all, what does it matter?]; *conj* बाद [I'll come ~ he leaves]

after^{2} *a* 1 बाद का, उत्तरवर्ती [in ~ years], 2 *naut* पीछे का, पिछला, 3 *comb*: **afterbirth** गर्भझिल्ली (जो प्रसव के बाद निकाल दी जाती है), आँवल, जेर; **~-care** अस्पताल में इलाज या कारावास के बाद की जाने वाली संभाल या देखभाल, बाद की देखभाल; **~-effect** प्रयोग के कुछ समय बाद प्रकट होने वाला प्रभाव, उत्तरवर्ती प्रभाव; **~-glow** (i) सूर्यास्त के बाद का प्रकाश, संध्या की लाली, (ii) दीप्त वस्तु के हट जाने के बाद दिखाई देने वाली दीप्ति, उत्तरदीप्ति; **~-grass** घास की पहली फ़सल कटने के बाद उगने वाली घास; पछीती घास; **~-life** (i) मरणोत्तर जीवन; (ii) जीवन का उत्तरकाल, बाद का जीवन

aftermath (-मैथ) *n* 1 = after-grass, 2 (वि० बुरा) परिणाम, नतीजा [the ~ of war]

afternoon *n* दोपहर के बाद का समय, तीसरा पहर, अपराह्न

afterthought *n* 1 काम कर चुकने के बाद उठने वाला विचार, बाद का विचार, बाद में सूझने वाली युक्ति, 2 बाद में जोड़ा गया वाक्य आदि

afterwards *adv* बाद में, उसके बाद, तत्पश्चात्, तदनन्तर

again अगेन *adv* 1 फिर, एक बार फिर, दुबारा; **~ and ~, time and ~** बार-बार; **back ~** फिर पहली स्थिति में, फिर वहीं; **as much ~** दुगना, 2 इसके अतिरिक्त, और फिर

against अगेन्स्ट *prep* 1 विरुद्ध, विपरीत, खिलाफ़ [He is ~ reform], 2 के ख्याल से, के लिए [Save something ~ the rainy day], 3 के सामने, पर [~ a white background], 4 के बदले में, ले कर [tickets issued ~ payment], 5 की तुलना में [Three deaths this year as ~ four last year]

agamic अगैमिक *a* (*zool*) बिना मैथुन के, अमैथुनिक; **अयुग्मनी**

agamous ऐगमस *a* (*biol*) जननेन्द्रियरहित, अलिङ्गी

agaric ऐगरिक *n* कुकुरमुत्ता

agate ऐगिट *n* एक प्रकार की मणि, गोमेद, अकीक

age^{1} एज *n* 1 आयु, अवस्था, वय, उमर; to come of ~ वयस्क होना, 2 वृद्धावस्था, बुढ़ापा, 3 युग, काल, ज़माना [**stone, iron, age**]; in our age हमारे ज़माने में, 4 पीढ़ी, 5 *colloq* दीर्घकाल, चिरकाल,

बहुत दिन [I haven't seen him for ~s], 6 age-group वयोवर्ग

age^2 *vt* & *i* (*part* ageing, aging) 1 बूढ़ा कर देना, 2 *vi* बूढ़ा होना; बूढ़ा लगने लगना [he's aged a lot recently]

aged *a* 1 (एजिड) बूढ़ा, वृद्ध, वयोवृद्ध, 2 (एज्ड) इतने वर्षों का [aged ten]

ageless *a* जो बूढ़ा या पुराना न हो, चिरयुवा, चिरनूतन

agency एजन्सि *n* 1 क्रिया, क्रियाशीलता [through the ~ of water], 2 साधन, माध्यम, मध्यस्थता [through someone's ~], 3 (व्यापारिक या अन्य) संस्था, संस्थान [**News ~, a U.N. ~**], 4 एजंट का काम; एजंट का दफ़्तर, अभिकरण, शाखा, एजंसी

agenda अजें न्ड: *n* 1 (बैठक में) विचारणीय काम या विषय, 2 कार्यसूची, कार्यक्रम, कार्यावली

agent एजन्ट *n* 1 करने वाला, कर्ता; **free ~** जिसके कामों पर दूसरे का नियन्त्रण न हो, स्वतन्त्र कर्ता, 2 दूसरे की ओर से काम करने वाला, प्रतिनिधि, अभिकर्ता, कारिन्दा, गुमाश्ता, एजंट, 3 आढ़तिया

agent provocateur F आश्ज़ाँ प्रोँवोँक-टर *n* शंकित अपराधियों को पकड़वाने के लिए उन्हें अपराध करने के लिए उकसाने वाला भेदिया, दुरुत्साहक

agglomerate^1 अग्लोँम-रेट *vt* & *i* (बिना क्रम के) ढेर लगाना या लगना; पुंजीभूत करना या होना

agglomerate^2 अग्लोँमरिट *a* & *n* पुंजीभूत, *n* 1 पुंज, ढेर, पिंड, 2 ज्वालामुखी से निकले पत्थरों का पिंड, ज्वालाश्म-पुंज; **agglomeration** *n* 1 ढेर, पुंज, पिंड, 2 पुंजी-करण

agglutinate अग्लूटिनेट *vt* & *i* 1 चिपकाना या चिपकना, 2 *ling* (बिना संधि या अन्य परिवर्तन किये दो या अधिक पदों को जोड़ कर) संयुक्त शब्द बनाना, 3 *biol* (जीवाणुओं को) जोड़ देना, संश्लिष्ट करना

agglutination *n* (see prec) 1 चिपकाव, 2 *ling* शब्दसंयोजन, 3 *biol* (जीवाणुओं का) जुड़ जाना, संश्लेषण

agglutinative *a* 1 चिपका लेने वाला; चिपक जाने वाला, 2 *ling* संयोगात्मक, संश्लेषात्मक [Hungarian is ~]

aggrandize अग्रैन्डाइज़ *vt* 1 (व्यक्ति, राष्ट्र आदि की) संपत्ति या पद या शक्ति बढ़ाना, 2 बढ़ा-चढ़ा कर कहना, अत्युक्ति या अतिशयोक्ति करना; **~ment** अग्रैन्डिज़मन्ट *n* 1 ऐश्वर्य्य या शक्ति की वृद्धि, पदवृद्धि, 2 अत्युक्ति

aggravate ऐग्रवेट *vt* 1 (अपराध को) गुरुतर बनाना, अधिक संगीन बनाना [to ~ an offence], 2 (स्थिति को) बिगाड़ देना, अधिक गंभीर बनाना, 3 (रोग को) बढ़ाना या बिगाड़ना, (रोग का) प्रकोप बढ़ाना, 4 *colloq* गुस्सा दिलाना, चिढ़ाना; **aggravation** *n* स्थिति का बिगड़ जाना; रोग का बिगड़ जाना, प्रकोप, 2 बिगाड़ने वाली बात, बिगड़ने का कारण

aggregate^1 ऐग्रिगिट *a* & *n* सामूहिक, इकट्ठा, समस्त, कुल; *n* 1 कुल जोड़, योग, 2 समूह, समष्टि; **in the ~** कुल मिला कर, 3 कंकरीट बनाने में प्रयुक्त पत्थर के टुकड़े और रेत आदि, मिलावा

aggregate^2 ऐग्रिगेट *vt* & *i* 1 इकट्ठा करना या होना, मिलाना, जोड़ना, 2 to ~ someone to a company कंपनी में मिलाना या शामिल करना, 3 *colloq* कुल जोड़ होना

aggress अग्रेँस *vi* छेड़-छाड़ करना, झगड़ा शुरू करना, पहले आक्रमण करना

aggression अग्रेँशन *n* 1 अकारण आक्रमण, छेड़-छाड़, हमला, चढ़ाई, 2 जोर-ज़बरदस्ती, ज़्यादती

aggressive अग्रेँसिव *a* 1 छेड़-छाड़ करने का, आक्रमणात्मक, 2 छेड़-छाड़ या झगड़ा करने वाला, 3 अपनी बात मनवाने वाला, ज़ोर ज़बरदस्ती करने वाला, उत्साही, उग्र, हिम्मती, ज़ोरदार; **~ness** *n* आक्रमण या छेड़-छाड़ करने की प्रवृत्ति, लड़ाकापन

aggressor अग्रेँसर *n* छेड़-छाड़ करने वाला, पहले आक्रमण करने वाला, आक्रमणकारी

aggrieve अग्रीव *vt* (usu in *pass*) दु:ख देना, कष्ट पहुंचाना, पीड़ा देना, सताना; अन्याय करना, **aggrieved party** पक्ष या व्यक्ति जिसके साथ अन्याय हुआ हो, पीड़ित पक्ष या व्यक्ति, अपकृत पक्ष

aghast अगास्ट *a* 1 भौचक्का, हक्का-बक्का, चकराया हुआ, गुम-सुम, 2 त्रस्त, भयभीत

agile ऐजाइल *a* फुरतीला, चुस्त, तेज़, तेज़ी से काम करने वाला; स्फूर्तिमय

agility अजिलिटि *n* फुरती, स्फूर्ति, चुस्ती

agio ऐजिओ *n* 1 नोटों की भुनवाई; एक मुद्रा के बदले में दूसरी मुद्रा देने की आढ़त, 2 मुद्राविनिमय-शुल्क, बट्टा, 3 मुद्राविनिमय-व्यवसाय

agiotage **ऐजिअटिज** *n* 1= prec 3; 2 सट्टा

agist अजिस्ट *vt* (पशुओं को) भाड़े पर चराना

agitate ऐजिटेट *vt* 1 हिलाना, हिलाना-डुलाना, 2 व्याकुल या क्षुब्ध या अशान्त करना [She was deeply ~d until she learnt that her husband was among the survivors], 3 मनन करना, सोच-विचार करना; पर विचार-विमर्श या बहस करना [to ~ a plan], 4 *vi* आन्दोलन करना [to **~ for, against, something**]

agitation ऐजिटेशन *n* 1 हिलना-डुलना, हल-चल 2 घबराहट, व्याकुलता, विक्षोभ, अशान्ति, 3 विचार-विमर्श, बहस, बातचीत, 4 आन्दोलन, हलचल; **~al** *a* आन्दोलन का, आन्दोलनात्मक

agitator *n* 1 आन्दोलनकर्ता, आन्दोलनकारी, 2 हिलाने का उपकरण; विलोड़क

aglow अग्लो *adv* & *pred a* चमकता हुआ, प्रदीप्त, दीप्तिमान्

agnail ऐग्नेल *n* 1 हाथ के नाखून के निकट की उखड़ी त्वचा, छिलौरी, 2 इस से होने वाली पीड़ा

agnate ऐग्नेट *n* & *a* 1 सगोत्र या सपिंड

(व्यक्ति), 2 समान कुल का, सजातीय, 3 *fig* समान प्रकृति का, सदृश

agnation ऐग्नेशन *n* 1 सगोत्रता, 2 समानता, सादृश्य

agnomen एग्नोमे॑न *n* 1 *Rom ant* सम्मानसूचक उपनाम, 2 उपनाम

agnostic ऐग्नो॑स्टिक *n & a* 1 (व्यक्ति) जो यह मानता हो कि भौतिक जगत् के अतिरिक्त अथवा ईश्वर के विषय में न कुछ ज्ञात है न जाना ही जा सकता है, अज्ञेयवादी, 2 अज्ञेयवाद-संबंधी

agnosticism ऐग्नो॑स्टिसिज़्म *n* (see prec) अज्ञेयवाद

ago अगो *adv* पहले, पूर्व [ten years ~, long ~]

agog अगो॑ग *adv & pred a* 1 (किसी आश्चर्यजनक घटना की) प्रतीक्षा में, प्रतीक्षा करता हुआ; यह सोचता हुआ कि देखें अब क्या होता है [The whole town was ~], 2 उत्सुक [~ to do something]

agonistic ऐग-निस्टिक *a* 1 प्रतियोगिता-संबंधी, 2 विवादात्मक, विवादग्रस्त

agonize ऐग-नाइज़ *vt & i* 1 कष्ट या पीड़ा या यातना देना, तड़पाना, 2 *vi* तड़पना, 3 संघर्ष करना

agonizing *a* 1 कष्टदायक [~ spectacle], 2 दर्दभरा, करुण [~ cry]

agony ऐगनि *n* 1 तीव्र मानसिक व्यथा, मनोव्यथा, क्लेश, संताप, 2 शारीरिक कष्ट, यातना, तड़प; death, last, ~ मरते समय की तड़प या तड़फड़ाहट, 3 घोर संघर्ष

agoraphobia ऐगर-फ़ोबियः *n* (*psych*) सार्वजनिक स्थानों में जाने से डर लगना, खुली जगह का भय

agrarian अग्रेरियन *a & n* 1 भूसंपदा-संबंधी, 2 कृषिभूमि-संबंधी, 3 कृषिभूमि के स्वामित्व से संबंधित; *n* भूमि को फिर से बाँटने का समर्थक, भूमि-सुधार का समर्थक

agree अग्री *vi & t* 1 मानना, स्वीकार करना [to ~ to a proposal], 2 राज़ी होना [to ~ to do something], **to ~ to differ** अपने-अपने मत पर स्थिर रहना, एक-दूसरे को सहमत करने का प्रयत्न छोड़ देना, 3 सहमत होना [we ~ on this point], 4 (of things, ideas, etc) मेल खाना, 5 (स्वभाव के) अनुकूल पड़ना या होना, माफ़िक आना [this food, climate, does not ~ with me], 6 *gram* लिंग, वचन, कारक आदि में समान होना, 7 *vt* (लेखा आदि) मिलाना, ठीक कर लेना, ठीक मानना, सकारना

agreeable *a* 1 अच्छा लगने वाला, रुचिकर, सुखद, प्रिय [~ manners, personality], 2 अनुकूल, अनुसार [practice ~ to theory], 3 सहमत, राज़ी [~ to do something]

agreement अग्री-मन्ट *n* 1 सहमति, मतैक्य, 2 रज़ामन्दी, 3 *law* समझौता, करार, ठहराव; करारनामा, 4 मेल, संगति, अनुरूपता

agrestic अग्रे॑स्टिक *a* 1 ग्रामीण, देहाती, 2 अशिष्ट, गँवारू, भद्दा

agricultural ऐग्रि-कल्चरल *a* कृषि-संबंधी; **~ labour** खेतिहर मज़दूर; ~ year कृषि-वर्ष, फ़सली साल

agriculture ऐग्रिकल्चर *n* फ़सलें उगाना तथा पशुपालन; कृषि, खेती, खेती-बारी

agriculturist *n* किसान, कृषक, खेतिहर, काश्तकार

agronomist अग्रो॑न-मिस्ट *n* कृषिशास्त्री, कृषिविज्ञानी, कृषिपंडित

agronomy अग्रो॑न-मि *n* कृषिविद्या, कृषिशास्त्र, सस्यविज्ञान

aground अग्राउन्ड *adv & pred a* (नदी या समुद्र-तट के उथले पानी के नीचे के) पत्थरों या रेत में धंसा हुआ [the ship ran ~]

ague एग्यू *n* 1 ऐसा मलेरिया ज्वर जिस में पहले सर्दी और फिर गर्मी लगती है तथा पसीना आता है, जूड़ी, जुड़ी-ताप, 2 कँपकँपी, 3 **agued** *a* जूड़ी-ग्रस्त

ah *int* शोक, आश्चर्य, हर्ष, घृणा आदि भावों का व्यंजक, हाय! ओफ! अरे! वाह! छिः आदि

ahead अहे॑ड *adv* 1 आगे, आगे की ओर, सीधे, **to go ahead** आगे बढ़ना, चलता चलना, 2 **ahead of** के पहले [he reached ~ of me; the plane arrived ~ of schedule]

ahoy अहो॑य *int* (*naut*) दूर से संबोधन या अभिवादन करने का शब्द, अहाय

ahull अ-हल *adv* (*naut*) पाल समेटे हुए

aid^{1} एड *vt* 1 सहायता या मदद देना या करना [to ~ someone to do something], 2 में सहायक या लाभकारी होना, आसान बनाना

aid^{2} *n* 1 सहायक, 2 सहायता, मदद; in aid of के सहायतार्थ, के समर्थन में, को सफल बनाने के लिए

aide एड *n* 1=foll, 2 सहायक

aide-de-camp एड्-ड-काँ *n* (सेनापति या प्रवर अधिकारी का) सहायक अधिकारी, परिसहायक

aide-memoire F एड्-मे॑म्वार *n* 1 याद ताज़ा करने में सहायक लेख, स्मरणार्थ लेख, 2 *diplom* स्मरणपत्र

aigrette एग्रे॑ट *n* 1 एक प्रकार का बगला, 2 सफ़ेद पंखों या बालों का गुच्छा; कलगी

ail एल *vt & i* 1 कष्ट या दुःख देना, what ails you? तुम्हें क्या कष्ट या तकलीफ़ है?, 2 *vi* अस्वस्थ या बीमार होना [He has been ~ing]; **~ment** *n* तनिक अस्वस्थता, रोग

aim^{1} एम *vt & i* 1 (किसी को अस्त्र या कटाक्ष का) निशाना या लक्ष्य बनाना [to ~ a stone, blow, remark, at someone], पर वार करना, 2 (अस्त्र का) निशाना बांधना या साधना [to ~ a gun at someone], 3 *vi* इरादा करना, उद्देश्य या लक्ष्य होना [to ~ to do, at doing, something]

aim^{2} *n* 1 निशाना, 2 लक्ष्य, उद्देश्य, **~less** *a* निरुद्देश्य

air^{1} ऐंअर *n* 1 (स्थिर अथवा चलती हुई) हवा, वायु, पवन ; **to take the ~** हवाखोरी के लिए बाहर

R
423'9143
ANA-M

जाना, **2 in the** ~ (i. of opinions etc) फैला हुआ, चर्चित [There is a rumour in the ~), (ii. of projects etc) अनिश्चित [It's all in the ~ as yet], **3 on the** ~ प्रसारण करता हुआ; **off the** ~ प्रसारण बन्द किये हुए, **4** आकाश, **by** ~ आकाश मार्ग से, विमान द्वारा, **5** प्रतीति, आभास, There is an ~ of absurdity about this proposal यह सुझाव बेतुका-सा लगता है, **6** *pl* अकड़, ऐंठ, अभिमान, **to give oneself ~s** अकड़ना, **7** *comb:* **~-base** हवाई सेना का अड्डा; **~-borne** (विमान) जो उड़ने लग गया हो; वायुवाहित (रोगाणु आदि); **~-conditioning** तापमान को अनुकूल रखने की व्यवस्था, तापानुकूलन, वातानुकूलन; **~-conditioned** वातानुकूलित; **~craft** विमान; **~craft-carrier** विमानवाहक (युद्ध-)पोत; **~-field** क्षेत्र जहां विमान रखे जाते हैं और जहां से वे उड़ तथा उतर सकते हैं, विमानक्षेत्र; **Air Force** वायु-सेना, धिमान-सेना; **~-gun** हवाई बन्दूक; **~-hostess** विमान-परिचारिका; **~lift** *vt* विमान द्वारा ढोना; *n* विमान-परिवहन; **~line** हवाई कंपनी; **~-liner** (हवाई कंपनी का) विमान; **~man** विमान-चालक, वैमानिक; वायुसैनिक; **~-passage** विमानयात्रा की अनुमति; **~-pocket** हवा से खाली लगने वाली जगह जहां विमान एकाएक कुछ नीचे चला जाता है, वायुगर्त; **~port** हवाई अड्डा; **~-raid** हवाई हमला; **~ship** वायु से हल्का होने के कारण उड़ने वाला विमान, वायुपोत; **~-strip** हवाई पट्टी (जहां से विमान उड़ तथा उतर सकते हैं); **~-tight** जिसमें हवा न आ-जा सके, वायुरुद्ध; **~way** विमानमार्ग; **~ways** विमान-कम्पनी; **~worthy** (of aircraft) उड़ने लायक, उड़नयोग्य

air^{2} *vt* **1** हवा में रखना या सुखाना [to ~ clothes); हवा देना, **2** =ventilate 1; **3 to air oneself** खुली हवा में जाना, हवा खाना, **4** सब के सामने रखना, व्यक्त करना [**to ~ one's grievances, opinions, etc**]

airing *n* वायुसेवन, सैर, to take an ~ खुली हवा में सैर करना, हवा खाना

airy **ऐंअरि** *a* **1** हवाई, आकाशीय, बहुत ऊंचा, उत्तुंग, **2** हवादार [~ rooms], **3** सारहीन, महत्त्वहीन, तुच्छ [~ promises], **4** महीन बुनाई का, सूक्ष्म [~ garments], **5** हलका, हलका-फुलका, नजाकत-भरा [~ steps], **6** (of conduct) जिस में गंभीरता न हो, ओछा, लापरवाही का

aisle आइल *n* **1** गिरजे का एक भाग, **2** (थियेटर आदि में) कुर्सियों की कतारों के बीच का रास्ता, वीथि, गलियारा

aitchbone एच्-बोन *n* **1** पुट्ठे की हड्डी, **2** (बैल का) पुट्ठे की हड्डी पर का मांस

ajar अजार *adv* & *pred a* अधखुला, थोड़ा खुला [Keep the door ajar]

akimbo अकिम्बो *adv* (बांहों की ऐसी मुद्रा जिसमें) हाथ कूल्हों पर और कुहनियां बाहर को निकली हुई हों; with arms ~ हाथ कूल्हों पर रखे हुए

akin अकिन *pred a* **1** सजातीय, संबंधी, रिश्तेदार [~ **to someone**], **2** *fig* सदृश, मिलता-जुलता [~ **to something**]

à la carte **F** आ-ला-कार्ट *adv* & *a* (होटल में) जो-जो चीज मंगाई जाये उस-उस की कीमत लगाकर (न कि थाली के हिसाब से)

alabaster ऐलबास्टर *n* & *adj* सिलखड़ी; *adj* **1** सिलखड़ी का, **2** सिलखड़ी-जैसा (सफ़ेद और मुलायम)

9819

alacrity अलैक्रिटि *n* फुर्ती, तेजी, उत्साह [though old, he walked with ~]; खुशी से, तत्परता से

Aladdin's lamp (किसी भी इच्छा को पूरा करने का) जन्तर-मन्तर, चिन्तामणि

à la mode (F आ-ला-मोड) आधुनिक रिवाज या फ़ैशन के अनुसार

alarm^{1} अलार्म *n* **1** (संकट के आने का) भय, आशंका, डर; **to take** ~ डर जाना, आशंकित होना, **2** खतरे की सूचना या संकेत, **to give, raise, the** ~ खतरे की सूचना देना, खबरदार करना, शोर मचाना, **3** खतरे की घंटी या बिगुल [to sound the ~], **4** युद्ध की तैयारी का बिगुल, **5** *comb:* **~-bell** खतरे की घंटी; **~(-clock)** अलारम घड़ी

alarm^{2} *vt* **1** (खतरे से) सावधान करना, खबरदार करना, होशियार करना [to ~ the troops], **2** डराना, चौंकाना, घबरा देना [**to be ~ed at something**]; **~ing** *n* खतरनाक, संकटपूर्ण

alarmist *n* (जरा सी बात होने पर) घबराहट या डर फैलाने वाला; ~ reports ख़ामख़ाह घबराहट फैलाने वाले समाचार

alarum अलारम *n* =alarm *n* 2

alas अलास *int* हाय! अफ़सोस! उफ़!

alb ऐल्ब *n* (पादरियों का) सफ़ेद चोगा, जामा

albacore ऐल्ब-कॉर *n* एक प्रकार की बड़ी समुद्री मछली

albatross ऐल्बट्रॉस *n* एक बड़ा समुद्री पक्षी, कादूस

albeit ऑल-बी-इट *conj* (*liter*) यद्यपि, हालांकि [He tried, ~ without success]

albescent ऐल्बेंसन्ट *a* सफ़ेद होता हुआ, सफ़ेदी लिए हुए, कुछ-कुछ सफ़ेद

albino ऐल्बीनो *n* **1** मनुष्य या पशु जिसकी त्वचा और बालों का रंग जन्म से ही असाधारणतः सफ़ेद होता है और जिसकी आँखें साधारण चमक को भी सहन नहीं कर सकतीं, **2** प्राकृतिक रंग से रहित पौधा

album ऐल्बम *n* फोटो चिपकाने के लिए बढ़िया कागज की कोरी कापी, अल्बम

albumen ऐल्ब्यूमिन *n* **1** अंडे की सफ़ेदी, **2** अनाज के दाने का खाद्य तत्त्व, गूदा

alchemist ऐल्किमिस्ट *n* (see foll) कीमियागर

alchemy ऐल्-किमि *n* 1 मध्य युग की रसायन-विद्या जिसका मुख्य उद्देश्य लोहे, तांबे आदि धातुओं को सोने-चाँदी में बदलना था, कीमिया, 2 निकृष्ट वस्तु को उत्कृष्ट बनाने की विद्या या कारीगरी

alcohol ऐल्क-हॉल *n* मद्यसार, अल्कोहल; **alcoholic** *a* & *n* अल्कोहल का, अल्कोहल-युक्त; *n* शराबी, मद्यप; **alcoholism** *n* 1 बहुत शराब पीने की आदत, अति मद्यसेवन, 2 इससे होने वाला विकार या रोग

alcove ऐल्कोव *n* महराबदार आला

alder ऑल्डर *n* भोजवृक्ष की जाति का वृक्ष, आल्डर

alderman ऑल्डर्मन *n* 1 नगरपालिका का विशिष्ट सदस्य, पौरमुख्य, 2 (U.S., Austral.) नगर का गवर्नर , नगरपाल

ale एल *n* जौ की शराब, बियर; ale-house *hist* शराबखाना (जहां बियर बिकती है)

aleatoric एलिय-टॉरिक, **aleatory** एलिय-टरि *aa* पासा पड़ने पर आधारित, दैवाधीन, भाग्याधीन

alegar एलिगर *n* 1 खट्टी बियर, 2 सिरका

alembic अलेॅम्बिक *n* 1 (अरक निकालने का) भभका, 2 *fig* (वस्तु-)परिवर्तन का साधन

alert अलर्ट *a*, *n* & *vt* 1 सावधान, सचेत, सजग, सर्तक, चौकस, चौकन्ना, होशियार, 2 फुर्तीला; *n* सावधानी, चौकसी, सतर्कता, **to be on the ~** (आक्रमण या खतरे के प्रति) चौकस रहना, 3 संकट की सूचना या घंटी या भोंपू, 4 सावधान रहने की अवधि; *vt* सावधान करना, चेतावनी देना; **~ness** *n* 1 चौकसी, होशियारी, सतर्कता, 2 मुस्तैदी, तत्परता, 3 स्फूर्ति

alfresco ऐल्फ़्रेॅस्को *adv* & *a* खुले में [We'll lunch ~; we'll have an ~ lunch]

alga ऐल्गः *n* (usu in *pl* algae ऐल्जी, ऐल्गी), समुद्री काई, शैवाल

algebra ऐल्जिब्रः *n* बीजगणित

algid ऐल्जिड *a* ठंडा, सर्द; **~ity** *n* ठंड, सर्दी

algorism ऐल्गरिज़्म **algorithm** ऐल्गरिदम *nn* 1 गणित के अङ्कों की अरबी प्रणाली (जिसमें 1, 2, 3 आदि अङ्क होते हैं), 2 (अरबी अङ्कों पर आधारित) गणनाविधि, गणितशास्त्र, 3 (वि० मशीन द्वारा) गणना या हिसाब करने की विधि

alias एलियस *adv* & *n* अन्य अवसरों पर (प्रयुक्त होने वाला नाम) उर्फ़ [Ramesh ~ Babu]; (वि० अभ्यस्त अपराधी का) अन्य नाम, उपनाम [Ramesh used 'Babu' as an ~]

alibi ऐलिबाइ *n* 1 अभियुक्त का यह कथन कि अपराध के समय वह घटनास्थल पर था ही नहीं; अन्यत्र उपस्थिति की दलील, 2 *colloq* बहाना

alien एलियन *a* & *n* 1 पराया, 2 अन्यदेशीय, विदेशी [~ philosophy], 3 भिन्न प्रकृति या स्वभाव का [~ **from, to, something**], 4 मेल न खाता हुआ, अननुकूल, प्रतिकूल [Flattery is ~ to my nature]: *n* 1 (नागरिक अधिकार-रहित) विदेशी 2 दूसरे लोक से आया हुआ व्यक्ति **अन्यलोकी**

alienable *a* (of property) हस्तान्तरणीय, अन्यसंक्राम्य

alienate एलियनेट *vt* 1 वैमनस्य या मनमुटाव पैदा करना, अपने से विमुख करना, वैरी बना लेना [He has alienated his entire family], 2 बेचना, दे डालना, हस्तान्तरित करना [to ~ property], 3 (रुपया आदि) किसी दूसरे काम में लगाना, दूसरे काम के लिए दे देना [to ~ funds **from** their intended purpose]

alienation एलिय-नेशन *n* 1 वैमनस्य, मनमुटाव, 2 (संपत्ति का) हस्तान्तरण, अन्यसंक्रामण, 3 mental ~ मानसिक रोग, उन्माद

alienism *n* (*arch*) (see foll) मनश्चिकित्सा

alienist *n* मानसिक रोगों का चिकित्सक तथा संबंधित कानूनी मामलों का विशेषज्ञ , **मनश्चिकित्सक**

alight^{1} अलाइट *vi* 1 (घोड़े या गाड़ी से) उतरना [to ~ **from** a horse, carriage, etc], 2 (of bird etc) आकाश से उतर कर धरती आदि पर आ बैठना [to ~ **on** a tree]

alight^{2} *pred a* 1 जलता हुआ, 2 प्रकाशमान, दीप्त

align, aline अलाइन *vt* 1 एक पंक्ति में लाना या रखना, सीध में लाना, सीध मिलाना, 2 (सैनिकों को) पंक्तिबद्ध करना, 3 (*polit* etc) **to ~ oneself with** a party दल में मिल जाना, दल का साथ देना

alignment *n* (see prec) 1 समरेखण, 2 सीध, 3 दल में मिलना

alike अलाइक *pred a* & *adv* सदृश, समान, एक-जैसे; *adv* उसी तरह, वैसे ही, समान रूप से

aliment ऐलिमन्ट *n* 1 भोजन, आहार, पोषक आहार, खुराक, 2 *fig* मानसिक आहार, आध्यात्मिक भोजन; **~al** *a* 1 आहार-संबंधी, 2 पोषक

alimentary ऐलिमेॅन्टरि *a* 1 पोषण करने वाला, पोषक, पुष्टिकर, 2 ~ **canal**, खुराक की नाली

alimentation *n* 1 पोषण, 2 निर्वाह, गुज़ारा

alimony ऐलि-मनि *n* 1 *arch* भरण-पोषण, 2 (तलाक बाद या तलाक के मुकदमे के दौरान पत्नी को पति की संपदा से मिलने वाला) निर्वाह-व्यय, भरण-पोषण का व्यय

aliquot ऐलिक्वॉट *a* & *n* (*math*) वह संख्या या मात्रा जो किसी संख्या या मात्रा को पूर्णतया विभाजित करे, पूर्ण विभाजक [An ~ part of 15 is 5]; *n* पूर्णविभाजक संख्या या मात्रा

alive अलाइव *adv* & *a* 1 जीता-जागता, जीवित, सजीव; *colloq* विचाराधीन [to keep the matter ~], 2 काम करता हुआ, चालू [The microphone is ~], 3 सजग, सचेत, चौकस, खबर रखने वाला [The govt. is fully ~ to the situation]

alizarin अलिज़रिन *n* 1 मजीठ से निकलने वाला

लाल रंग, 2 *attrib* मजीठ के रंग का

alkali ऐल्कलाइ *n* क्षार, खार, सज्जी

alkaline ऐल्कलाइन *a* खार वाला, खारा, क्षारीय

alkalinity ऐल्कलिनिटि *n* खारापन

alkanet ऐल्कनेॅट *n* 1 मेंहदी, हिना, 2 मेंहदी का रंग

all^1 ऑल *a* & *n* 1 सब, सारा, सारे [~ men are mortal]; समस्त, अखिल; ~ day दिन भर ; ~ his life समस्त जीवन, जीवन भर; **All Fools' Day** पहली अप्रैल, 2 ~ **kind(s) of** ; ~ **manner of** कई प्रकार के; *n* 1 सब लोग [~ are agreed] ; **one and** ~ ; ~ **and sundry** एक-एक अर्थात् सभी [The men one and ~ were drunk], 2 सब-कुछ, सारी संपत्ति [he lost his ~], 3 ~ **but** लगभग [he was ~ but drowned], 4 ~ **one** एक-सा (अतः उपेक्षा का विषय) it is ~ one to me मेरे लिए एक-सी बात है; मुझे इससे कुछ फ़रक नहीं पड़ता, 5 **at** ~ (with *interrog*) तनिक भी [Did you see him at ~ ?]; (with *neg*) बिलकुल; not at ~ बिल्कुल नहीं, 6 ~ **in** ~ सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण; सर्वे-सर्वा, कर्ता-धर्त्ता

all^2 *adv* 1 सर्वथा, पूर्णतया, बिल्कुल, 2 ~ **for** *colloq* सर्वथा पक्ष में, प्रबल समर्थक ; ~ **out** पूरा ज़ोर लगा कर, सर्वात्मना ; ~ **right** *adv* बिल्कुल ठीक, बहुत अच्छा, निस्सन्देह; *pred a* ठीक-ठाक, सकुशल, ~ **round** हर पहलू से, हर दृष्टि से; ~ **the same** *adv* फिर भी, तो भी [He was punished ~ the same]; *pred a* एक-सा, जिस से स्थिति में कोई फ़रक न पड़े [it's ~ the same to me], 3 *comb:* ~**-clear** संकट-समाप्ति का संकेत; ~**-purpose** अनेक प्रयोजनों के लिए, बहुप्रयोजनी; ~**-round** *a* (i) बहुमुखी योग्यता वाला [an ~ -round man]; (ii) हर पहलू से, हर बात में [~-round improvement]; ~**-rounder** बहुमुखी योग्यता वाला व्यक्ति; ~**-time** (of record) जो अभी तक न टूटा हो

allay अ-ले *vt* 1 (पीड़ा आदि) कम करना, घटाना, हल्का करना [to ~ pain], 2 (भूख, प्यास) मिटाना, 3 (क्रोध, सन्देह आदि) शान्त करना, दूर करना, मिटाना [to ~ one's anger, suspicions, etc]

allegation ऐलिगेशन *n* (see foll) 1 कथन, अभिकथन, दावा, 2 आरोप

allege अलेॅज *vt* 1 (निश्चयपूर्वक या दृढ़तापूर्वक परन्तु बिना प्रमाण के) कहना, अभिकथन करना, दावा करना, 2 (दलील या तर्क के रूप में कुछ) कहना, 3 आरोप लगाना

alleged *a* कथित [the ~ thief]

allegiance अ-लीजन्स *n* (सरकार अथवा दल के प्रति) वफ़ादारी, राजभक्ति, निष्ठा; साथ (देने की भावना) [~ **to a party etc**]

allegoric(al) ऐलि-गोॅरिक(ल) *aa* (see foll) दृष्टान्तात्मक, प्रतीकात्मक, लाक्षणिक

allegory ऐलि-गरि *n* 1 एक विषय का वर्णन अन्य विषय के रूप में करना, यथा मानव-जीवन का वर्णन यात्रा के रूप में करना; दृष्टान्त, दृष्टान्त-कथा, रूपककथा [Bunyan's 'Pilgrim's Progress' is an ~], 2 प्रतीकात्मक चित्र

allegro अ-लेग्रो *adv*, *a* & *n* (*mus*) द्रुत (ताल) में

allergic अलर्जिक *a* (see foll) 1 अतिसंवेदनशील, 2 जिसे चिढ़ हो, असहनशील [~ to criticism]

allergy एलर्जि *n* 1 व्यक्ति की कायिक दुर्बलता जिस से उसे पदार्थ-विशेष के प्रयोग या संपर्क से विकार या रोग हो जाता है, एलर्जी, 2 *colloq* सह न सकना, चिढ़, स्वाभाविक विरोध

alleviate अ-लीविएट *vt* (पीड़ा, शोक) कम करना, हल्का करना, सहनीय बनाना [to ~ sorrow, pain], राहत पहुंचाना

alleviation *n* (see prec) उपशमन, राहत

alley ऐलि *n* 1 बाग में चलने-फिरने की सड़क, रविश, 2 (also ~**-way**) तंग गली, छोटी सड़क, वीथी, 3 **blind** ~ बन्द गली

alliaceous ऐलि-एशस *a* लहसुन और प्याज की जाति का, लहसुन या प्याज के स्वाद या गन्ध वाला, लहसुनी

alliance अलाइअंस *n* 1 विवाह के द्वारा दो परिवारों में होने वाला संबंध, वैवाहिक संबंध, 2 नाता, रिश्ता, 3 (राष्ट्रों या राजनीतिक दलों में संधि या समझौते द्वारा) गठबंधन, मैत्री, संघ, 4 (प्रकृति या गुणों की) समानता, साम्य

allied *a* 1 संबंध रखने वाला, संबंधित [~ **to**], 2 समान, उसी वर्ग का [~ industries], 3 संधि द्वारा संबद्ध, ~ **nations** मित्रराष्ट्र, 4 मित्रराष्ट्रों का [~ **forces**]

alligator ऐलि-गेटर *n* मगरमच्छ जाति का जलजन्तु, घड़ियाल

alliterate अलिट-रेट *vt* समान वर्ण या ध्वनि से आरंभ होने वाले शब्दों का प्रयोग करना, वर्णावृत्ति करना, अनुप्रास का प्रयोग करना ; **alliteration** *n* वर्णावृत्ति, अनुप्रास (*e.g.* 'cool, calm, and collected'); **alliterative** *a* अनुप्रासमय, सानुप्रास

allocate ऐल-केट *vt* 1 (धन, जायदाद आदि) बांटना, वितरण करना, देना [~ **to** someone, ~ to some purpose], 2 का स्थान निर्धारित या नियत करना, (स्थान में) नियुक्त करना

allocation *n* 1 बाँट, बटवारा, विनियोग, विनियोजन [~ of funds], 2 वितरित राशि या भाग, 3 निर्धारण, नियतन

allopath ऐल-पैथ *n* (ऐलोॅपथी का) डाक्टर

allopathy ऐलोॅपथि *n* पाश्चात्य चिकित्सा-पद्धति, डाक्टरी, ऐलोपैथी

allot अलोॅट *vt* 1 (अधिकारपूर्वक) देना, वितरण करना; (पर्चियां डाल कर) बांटना, 2 (किसी का हिस्सा, काम आदि) नियत करना, निर्धारित करना

allotment *n* 1 वितरण, बाँट, आबंटन, 2 (दिया

गया) हिस्सा, भाग, दी गई चीज़, 3 नियतन, निर्धारण, 4 भाग्य, प्रारब्ध, किस्मत

allotrope ऐल-ट्रोप *n* (see foll) अनेक रूपों में पाये जाने वाले पदार्थ का कोई एक रूप, अपररूप

allotropy ऐलॉट्रपि *n* (कार्बन, गन्धक आदि) एक ही पदार्थ का विभिन्न रूपों में विद्यमान होना, अपररूपता

allottee अलॉटी *n* बाँट या हिस्सा पाने वाला, आबँटी

allow अलाउ *vt* **1** अनुमति देना, इजाज़त देना, होने देना [**to ~ something; to ~ someone to do something**], **2** मानना, स्वीकार करना [I ~ that it is so], **3** (नियत मात्रा या रकम) देना [Allow him Rs. 1000.00 a year], **4** to ~ time समय देना; to ~ someone a discount किसी को कटौती या छूट देना, **5** *vi* **to ~ of** की गुंजाइश होना, **to ~ for sth** को ध्यान में रखना, के लिए रियायत या छूट देना

allowance¹ अलाउ-अंस *n* **1** अनुमति, इजाज़त, **2** सहन [~ of an abuse], **3** (खुराक की) नियत मात्रा, राशन, **4** वृत्ति, वज़ीफा [family ~]; विशेष काम के लिए दी गई रकम या राशि, भत्ता [travelling ~], **5** छूट, रियायत, कटौती, **to make ~ for** (नरमी बरतने के लिए) किसी बात का ख्याल रखना [The judge made ~ for his youth]

allowance² *vt* **1** (खाने-पीने की सामग्री का) राशन करना, **2** (व्यक्ति को) राशन देना, राशन पर रखना

alloy अलॉय *n* **1** मिश्रधातु, **2** (सोने-चाँदी में मिलाई जाने वाली) घटिया धातु, खोट, मिलावट; *fig* घटिया वस्तु

allude अल्यूड *vi* (किसी घटना आदि की ओर) संकेत करना, स्पष्ट उल्लेख न करते हुए निर्देश करना [to ~ to something, someone]

allure अल्युअर *vt* & *n* **1** ललचाना, फुसलाना, प्रलोभन देना, **2** मुग्ध करना, मोहित करना ; *n* मुग्ध करने का गुण (शारीरिक) सौन्दर्य

allurement *n* **1** प्रलोभन देना, प्रलोभन में आना, **2** प्रलोभन, **3** (शारीरिक) सौन्दर्य, आकर्षण

allusion अल्यूश़न *n* (f. allude) संकेत, अस्पष्ट निर्देश, ध्वनित निर्देश

allusive अल्यूसिव *a* (of style) जिसमें अन्य घटनाओं या कथाओं की ओर संकेत हो, **संदर्भगर्भित**

alluvial अलूवियल *a* & *n* कछारी; *n* बाढ़ के कारण तट पर जमी मिट्टी (वि० जिसमें स्वर्ण हो)

alluvion अलूवियन *n* **1** नदी की बाढ़ या समुद्र की लहरों द्वारा तट पर लाई गई मिट्टी और रेत, **2** इस प्रकार मिट्टी के जमने से बनी नई भूमि, **3** बाढ़

alluvium अलूवियम *n* बाढ़ उतरने पर तट पर जम जाने वाली मिट्टी और रेत आदि, कछारी मिट्टी

ally¹ अलाइ *vt* **1** (usu in *pass* or *refl*) किसी से संबंध स्थापित करना, गठ-जोड़ करना, नाता जोड़ना [to ~ **oneself to, with, s.o.**], **2** संबंधित होना

ally² ऐलाइ *n* **1** मित्र, साथी, संबंधी, **2** मित्र-राष्ट्र

Alma Mater ऐल्मः मेटर *n* (मातृवत् कृपालु) अपना कालेज या विश्वविद्यालय

almanac ऑल्मनैक *n* जंत्री, पत्रा, पंचांग

almandine ऐल्मन्डाइन *n* जामनी रंग का याकूत

almighty ऑल्माइटि *a* सर्वशक्तिमान्; the A~ ईश्वर

almirah ऐल्माइअरः *n* अलमारी

almond आमंड *n* बादाम (पेड़ तथा फल)

almoner आमनर *n* दान और भिक्षा आदि बाँटने वाला अधिकारी, दानाध्यक्ष

almost ऑल्मोस्ट *adv* लगभग, करीब-करीब, प्रायः

alms आम्ज़ *n* **1** दान, भिक्षा, भीख, **2 ~-giving** भीख देना, भिक्षादान; **~house** गरीबों को आश्रय देने का स्थान, दरिद्रालय; **~man** भिक्षा पर निर्वाह करने वाला, भिक्षुक

aloe ऐलो *n* **1** घृतकुमारी, घीकुँवार, **2** *pl* **~s** घीकुंवार का रस, मुसब्बर

aloft अलॉफ़्ट *adv* & *pred a* ऊँचा; ऊपर की ओर

alone अलोन *pred a* & *adv* **1** अकेला, एक-मात्र, **2** *adv* to leave someone alone (i) किसी के काम में हस्ताक्षेप न करना, काम करने देना, (ii) न छेड़ना, तंग न करना; to leave something ~ (किसी काम में) दखल न देना

along अलॉन्ग *prep* & *adv* **1** एक सिरे से दूसरे सिरे तक, साथ-साथ [to walk ~ the shore, street, etc]; किनारे-किनारे [trees ~ the river], **2** *adv* आगे, **Get ~** आगे चलो; **~ with** साथ [Come ~ with me], **3 all ~** निरन्तर, बराबर [He knew all ~ that it was a lie], **4 ~-shore** *adv* तट के साथ-साथ, **5 ~side** *adv* & *prep* (जहाज़, घाट आदि के) निकट, पास, साथ ~side of के साथ-साथ; के अतिरिक्त

aloof अलूफ़ *adv* & *pred a* अलग, परे, दूर [**to stand, keep, ~**]; *a* दूर खड़ा हुआ; *fig* सहानुभूतिरहित, तटस्थ, उदासीन [I find him rather ~]; **~ness** *n* अलगाव; तटस्थता

aloud अलाउड *adv* ऊंचे स्वर में, ज़ोर से, चिल्ला कर

alp ऐल्प *n* पर्वत-शिखर; **Alps** फ्रांस, इटली और स्विट्ज़रलैंड में फैली हुई पर्वतमाला, ऐल्प्स-पर्वत

alpaca ऐल्पैकः *n* **1** एक प्रकार का लंबे बालों वाला ऊँट, **2** इसका ऊन, **3** इस ऊन का बुना कपड़ा, अल्पाका

alpha ऐल्फ़ः *n* ग्रीक वर्णमाला का पहला वर्ण; **Alpha and Omega** आदि और अन्त

alphabet ऐल्फ़-बेट *n* **1** (किसी भाषा की) वर्णमाला, **2** आरंभिक ज्ञान; **~ic** *a* वर्णमाला-संबंधी; वर्णक्रम-संबंधी; **~ical** *a* वर्णक्रम के अनुसार; **~ical** order वर्णक्रम, अकारादि क्रम; **~ically** *adv* वर्णक्रम के अनुसार, अकारादि क्रम से

Alpine ऐल्पाइन *a* & *n* ऐल्प्स पर्वत का, ऊंचे पर्वत

का, पर्वतीय, *n* पर्वतीय पौधा

Alpinist ऐल्पिनिस्ट *n* ऐल्प्स या अन्य ऊंचे पर्वत पर चढ़ने वाला, पर्वतारोही

already ऑल्-रें'डि *adv* 1 पहले से, पहले ही, 2 अभी से, इतनी जल्दी

Alsatian ऐल्सेशन *n* भेड़ों की रखवाली करने वाला जर्मन कुत्ता, एक प्रकार का शिकारी कुत्ता

also ऑल्सो *adv* भी; अतिरिक्त, इसके अतिरिक्त, साथ ही

altar ऑल्टर *n* 1 धार्मिक अनुष्ठानों या पशु-बलि के लिए बना चबूतरा, वेदी, यज्ञवेदी, बलिवेदी, 2 **to lead** (a woman) **to the** ~ से विवाह करना

alter ऑल्टर *vt* & *i* (गुण, स्थान आदि में) परिवर्तन करना, बदल देना; *vi* बदल जाना

alteration *n* परिवर्तन, अदल-बदल, तबदीली

alterative *a* परिवर्तन करने वाला, परिवर्तनकारी

altercate ऑल्टरकेट *vi* विवाद करना, तकरार करना, झगड़ा करना, तू-तू मैं-मैं करना [to ~ with someone]

altercation *n* विवाद, तकरार, कहा-सुनी

alter ego ऑल्टर ईगो *n* अपना ही दूसरा रूप, अन्तरङ्ग मित्र, घनिष्ठ मित्र

alternate¹ ऑल्टर्-नेट *vt* & *i* 1 (दो प्रकार के पदार्थों को) बारी-बारी से रखना, (दो प्रकार के कामों को) बारी-बारी से करना, 2 *vi* (of two things) बारी-बारी से आना या होना

alternate² ऑल्टर्-निट *a* & *n* 1 हर तीसरा, (बीच में) एक छोड़कर [He comes on ~ days]; बारी-बारी से आने या होने वाला [Ram and Sham do the work on ~ days], 2 दो में से कोई एक, वैकल्पिक, एवज़ी; *n* एवज़, स्थानापन्न

alternately *adv* बारी-बारी से; एक छोड़ कर

alternating current *abbr* A.C. प्रत्यावर्ती धारा

alternation *n* (see alternate *vb*) एकान्तरण

alternative ऑल्-टर्न-टिव *a* & *n* (of two things) यह या वह, दूसरा, वैकल्पिक [an ~ proposal, course]; *n* 1 विकल्प, दूसरा पक्ष, दूसरी सूरत, दूसरा मार्ग, 2 दो या अधिक बातों में से कोई एक चुनने की स्वतंत्रता, I have no ~ मेरे लिए कोई और रास्ता या चारा नहीं है

although ऑल्दो *conj* यद्यपि, हालांकि

altimeter ऐल्टिमीटर *n* समुद्रतल से स्थान की ऊंचाई बताने का यन्त्र, उच्चतामापी

altitude ऐल्टिट्यूड *n* 1 (समुद्रतल अथवा क्षितिज से) ऊँचाई, तुङ्गता, 2 गहराई, 3 (usu *pl*) ऊंची जगह [mountain altitudes], 4 *geom* शीर्षलम्ब, 5 *fig* उन्नति, प्रकर्ष, गौरव

altogether ऑल्-ट-गें'दर *adv* 1 कुल मिलाकर [fifty people ~], 2 सर्वथा, बिल्कुल, निरा, सरासर, निपट [He is ~ deaf]

alto-relievo ऐल्टो-रिलीवो *n* (पृष्ठभूमि से) उभरी हुई मूर्ति

altruism ऐल्ट्रुइज़्म *n* निःस्वार्थ भाव से दूसरों का कल्याण करने की प्रवृत्ति, परोपकार (की भावना), परोपकारिता, निःस्वार्थता

altruist ऐल्ट्रुइस्ट *n* परोपकारी; ~**ic** *a* परोपकार की भावना से प्रेरित, परोपकार का, निःस्वार्थ

alum ऐलम *n* फिटकिरी, फिटकरी

aluminium ऐल्युमिन्यम *n* सफ़ेद धातु-विशेष, ऐलुमीनियम

alumnus अलम्नस *n* (*pl* **alumni** अलम्नाइ) विद्यालय या विश्वविद्यालय का भूतपूर्व विद्यार्थी अथवा स्नातक; (fem **alumna**, *pl* **-ae**) स्नातिका

alveolar ऐल्वियि-लर *a* 1 दन्तगर्त का, 2 *phonet* जिसके उच्चारण में जिह्वाग्र दन्तमूल के निकट हो या उसका स्पर्श करे, वर्त्स्य

alveolate ऐल्-वियि-लेट *a* (see foll) 1 छिद्रमय, 2 कोषिकामय

alveolus ऐल्वियि-लस *n* 1 छोटा छिद्र, 2 (छत्ते का) कोष, कोषिका, 3 फेफड़े में हवा की छोटी-छोटी थैलियों में से एक, कोषिका, 4 जबड़े का वह गर्त जिस में दान्त की जड़ रहती है, दन्तगर्त

always ऑल्वेज़ *adv* सदा, सर्वदा, हमेशा, नित्य

a.m. *abbr* दोपहर से पहले, पूर्वाह्न

amalgam अमैल्गम *n* 1 पारा-मिश्रित धातु, पारदमिश्रण, 2 मिश्रण, खिचड़ी [His character is a strange ~ of traits]

amalgamate अमैल्ग-मेट *vt* & *i* 1 मिलाना, मिश्रित करना [to ~ ideas etc), 2 (वर्गों, जातियों, संस्थाओं आदि को) मिला कर एक करना [to ~ two companies etc], 3 (धातुओं में) पारा मिलाना, 4 *vi* मिलना, मिलकर एक होना, संयुक्त होना

amalgamation *n* 1 मिश्रण, 2 एकीकरण, 3 पारद-मिश्रण

amanuensis अमैन्यु-ऐन्सिस *n* 1 दूसरे के लिखाने से लिखने वाला, श्रुतलेखक, लिपिक, 2 प्रतिलिपि बनाने वाला, प्रतिलिपिक

amaranth ऐमरैन्ट *n* 1 एक काल्पनिक सदाबहार फूल, 2 फूल-विशेष, 3 जामनी रंग, बैंजनी रंग; ~**ine** *a* 1 सदाबहार, 2 बैंजनी

amass अमैस *vt* 1 ढेर लगाना [to ~ papers for burning], 2 (वि॰ धन) संचय करना, जमा करना [to ~ a fortune]

amateur ऐम-टर *n* 1 (कला का) अनुरागी, कलाप्रेमी [He is an ~ of painting], 2 मनोरंजन (न कि धन) के लिए कला आदि का अभ्यास करने वाला, शौकिया काम करने वाला, शौकिया चित्रकार या खिलाड़ी आदि

amateurish ऐम-टरिश *a* अकुशल, अनाड़ीपन का, जिस में कई त्रुटियां हों [~ work]; ~**ly** *adv* अकुशलता से, अनाड़ीपन से, अनाड़ी की भांति

amative ऐम-टिव *a* प्रेम-प्रवृत्ति वाला, कामी, कामुक

amatory ऐम-टरि *a* 1 प्रेम का, प्रेमी का [~ letter], 2 कामुकता का, शृंगारिक [~ sentiment]

amaurosis ऐमॉ-रोसिस *n* दृष्टितन्त्रिका के रोग के कारण दृष्टि का मन्द या नष्ट हो जाना, मन्ददृष्टि; अन्धापन

amaze अमेज़ *vt* 1 अत्यन्त विस्मित कर देना, आश्चर्यचकित कर देना, अचंभे में डाल देना, 2 (in *pass*) हक्का-बक्का रह जाना, हैरान रह जाना [I am **amazed at** your ignorance]; **~ment** *n* विस्मय, आश्चर्य, अचंभा, हैरानी; **amazing** *a* अचंभे में डालने वाला, हैरान करने वाला, आश्चर्यजनक, बहुत अजीब

Amazon ऐम-ज़न *n* 1 योद्धा नारी, रणचण्डी, 2 *fig* वीरांगना, बहादुर औरत, 3 ऊंची-लंबी और हट्टी-कट्टी औरत

ambages ऐम्बे-जीज़ *n pl* टेढ़ा-मेढ़ा या चक्करदार रास्ता, 2 *fig* टाल-मटोल

ambassador ऐम्बैस-डर *n* राजदूत; **ambassadress** *n* 1 राजदूत की पत्नी, 2 महिला राजदूत

amber ऐम्बर *n* 1 पीले रंग का पत्थर बना हुआ राल, तृणमणि, 2 (यातायात-नियमन की) पीली बत्ती

ambidexterity ऐम्बि-डेॅक्स्टेॅरिटि *n* (see foll) 1 दुहत्थापन, 2 असाधारण कुशलता, 3 कपट

ambidext(e)rous ऐम्बिडेॅक्स्टरस *a* 1 दोनों हाथों से काम करने में कुशल, दुहत्था, 2 दोनों साधनों या माध्यमों के प्रयोग में कुशल, *e.g.* गद्य-पद्य लेखक, 3 छल-कपट करने वाला, कपटी

ambience ऐम्बियंस *n* आस-पास का प्रदेश, परिवेश; **ambient** *a* आस-पास का

ambiguity ऐम्बिग्यु-इटि *n* 1 **द्व्यर्थकता** 2 अस्पष्टता, सन्दिग्धता, 3 द्व्यर्थक शब्द या बात

ambiguous ऐम्बिग्यु-अस *a* 1 **द्व्यर्थक**, दो-मानी [~ answer], 2 अस्पष्ट; दुर्बोध, सन्दिग्ध, गोल-मोल, 3 अनिश्चित वर्ग का

ambit ऐम्बिट *n* 1 पास-पड़ोस, परिवेश, 2 अहाता, घेरा, दायरा, 3 (अधिकार का) क्षेत्र, सीमा, हद, परिधि

ambition ऐम्बिशन *n* 1 बड़ा बनने की इच्छा, बहुत धन या शक्ति या यश प्राप्त करने की इच्छा, महत्त्वाकांक्षा, उच्चाकांक्षा, 2 अभिलाषा, कामना, लालसा [~ **to be, do, something**], 3 वस्तु जिस की इच्छा हो, कामना का लक्ष्य **[His ~ is Presidency]**

ambitious ऐम्बिशस *a* 1 महत्त्वाकांक्षी, उच्चाकांक्षी, 2 अभिलाषी, इच्छुक [~ **of something; ~ to do something**], 3 बहुत बड़ा, लम्बा-चौड़ा, महान्, शानदार [~ **attempt, plan**]

ambivalence ऐम्बिवलन्स *n* 1 (दो विरोधी बातों में से एक न चुन सकने के कारण) डाँवाँडोलपन, अस्थिरचित्तता, (एक साथ दो विरोधी बातें करने की इच्छा के कारण) दुविधा, 2 *psych* किसी के प्रति एक साथ प्रेम और घृणा आदि विरोधी भावनाओं का होना, द्वैधवृत्ति

ambivalent ऐम्बिव-लन्ट *a* (see prec) 1 डाँवाँडोल, दुविधा या दुवधा में पड़ा हुआ, दुचित्ता, 2 द्वैध, द्वैधात्मक

amble ऐम्बल *vi* & *n* 1 (of horse) एक तरफ़ के दोनों पैर एक-साथ उठा कर चलना, धीमी चाल से चलना, 2 (of rider) घोड़े को धीमी चाल से चलाना, धीरे-धीरे चलाना, 3 (of person) चहलकदमी करना; *n* 1 (of horse) धीमी चाल, 2 चहलकदमी

ambrosia ऐम्ब्रोज़ियः *n* 1 (Gk & Rom *myth*) देवताओं का आहार, अमृत, 2 मीठी और सुगन्धित वस्तु, अमृत, 3 कुछ प्रकार की मधुमक्खियों का आहार; **~l** *a* 1 अमृततुल्य, अमृतोपम, 2 मधुर और सुगन्धित

ambsace ऐम्-ज़ेस *n* (*arch*) 1 दुर्भाग्य, बदकिस्मती, 2 व्यर्थता, निकम्मापन

ambulance ऐम्ब्युलन्स *n* 1 रोगीवाहन, अस्पताली गाड़ी, 2 *mil* चलता-फिरता अस्पताल, चलचिकित्सालय

ambulant ऐम्ब्युलन्ट *a* (of patient) चल-फिर सकने वाला, चलता-फिरता

ambulatory ऐम्ब्युल-टरि *a* & *n* 1 चलने-फिरने का, 2 चलने में सहायक, चलनार्थ [~ limbs of animals], 3 चलता-फिरता, भ्रमणशील, यायावर [~ tribes], 4 =prec; *n* 1 सैरगाह, 2 सैर करने की छतदार सड़क

ambuscade ऐम्बस्केड *n* & *vt* & *i*=ambush *n* & *vb*

ambush^1 ऐम्बुश *n* 1 शत्रु पर अचानक हमला करने के लिए सैनिकों का जंगल आदि में छिप कर बैठना, घात, 2 घात लगा कर बैठे सैनिक, घात-टुकड़ी, 3 **to lie in ~** घात लगा कर बैठना, घात लगाना

ambush^2 *vi* & *t* 1 घात लगा कर बैठना; प्रतीक्षा या ताक में रहना या बैठना, 2 *vt* (छिपने के स्थान से) अचानक हमला करना [The convoy was ~ed]

ameliorate अमीलिय-रेट *vt* & *i* 1 सुधारना, बेहतर बनाना [to ~ the condition of the poor], 2 *vi* सुधारना; **amelioration** *n* सुधार

amen आ-मेॅन *int* ऐसा ही हो! तथास्तु!

amenable अमीन-बल *a* 1 (of person) मानने वाला, आज्ञाकारी, वश्यता स्वीकार करने वाला, वशवर्ती [~ **to** discipline, law], 2 (of things) जिस पर प्रभाव पड़ सके, साध्य [Cancer is ~ to treatment]; **~ness** *n* 1 आज्ञाकारिता, वशवर्तिता, 2 साध्यता

amend अमेॅन्ड *vt* & *i* 1 भूल सुधार करना, त्रुटि दूर करना, ठीक करना [to ~ a document], 2 किंचित् परिवर्तन करना, संशोधन करना [to ~ a bill, motion, etc]

amende honorable (F आमान्ड ओॅनॉराब्ल)

सार्वजनिक रूप से क्षमायाचना और क्षतिपूर्ति

amends अमें॑न्ड्ज़ *n pl* क्षतिपूर्ति, हरजाना, मुआवज़ा, to make ~ (for an injury) क्षतिपूर्ति करना, हरजाना देना, दण्ड भरना, प्रतिशोध करना

amenity अमीनिटि *n* 1 (of place) **रमणीयता**, सुहावनापन, 2 (of person) शिष्टता, **भद्रता**, सज्जनता, सौजन्य, 3 *pl* **amenities** (i) सुख-सुविधा, सुखसाधन, सहूलियत, आराम [the amenities of life], (ii) शिष्टाचार (के शब्द या वचन) [an exchange of amenities]

ament अमें॑न्ट *n* जन्मजात मानसिक दुर्बलता से ग्रस्त व्यक्ति, दुर्बलबुद्धि **, ~ia *n* मानसिक दुर्बलता**

amerce अमर्स *vt* 1 जुर्माना करना, 2 (loosely) दण्ड देना

American अमें॑रिकन *a* & *n* अमरीका का, अमरीकी; *n* अमरीका-निवासी; अमरीका की अंग्रेज़ी

Americanism *n* (अंग्रेजी में प्रयुक्त) अमरीकी शब्द या मुहावरा

amethyst ऐमिथिस्ट *n* नीलम, नीलमणि

amiable एमिय-बल *a* मित्र-जैसा व्यवहार करने वाला, मधुरस्वभाव, प्रिय, स्नेही, सौम्य, मिलनसार

amicable ऐमिक-बल *a* 1 स्नेही, 2 मित्रतापूर्ण, सौहार्दपूर्ण [~ settlement]; **amicably** *adv* मित्रतापूर्वक, मित्रभाव से

amice ऐमिस *n* (पादरियों का) कन्धे पर डालने का सफ़ेद कपड़ा, स्कन्धपट

amicus curiae L अमीकस क्यूरिये *n* न्यायालय का मित्र, निष्पक्ष परामर्शदाता

amid(st) *prep* 1 मध्य में, बीच में, 2 के दौरान

amiss अमिस *adv* & *pred a* 1 गलत, उल्टा [to judge ~], 2 **to take something ~** किसी बात का बुरा मानना, पर नाराज़ होना [He took my words ~]; *adj* अव्यवस्थित, खराब, गड़बड़ [something is ~]

amity ऐमिटि *n* मित्रता, दोस्ती; मैत्रीपूर्ण संबंध [~ between nations]

ammonia अमोनियः *n* तीक्ष्ण गंध वाली वर्णहीन गैस, अमोनिया

ammoniac अमोनिऐक *a* **sal ~** नौसादर; **~al** *n* अमोनिया-जैसा, अमोनियामय

ammonite ऐम-नाइट *n* घोंघे की तरह के जीवों का प्रस्तरीभूत अवशेष

ammonium अमोनियम *n* नाइट्रोजन और हाइड्रोजन का यौगिक, अमोनियम

ammunition ऐम्युनिशन *n* 1 गोला-बारूद, 2 *fig* (दूसरे पर आक्षेप करने या अपनी सफ़ाई के लिए) तथ्य या तर्क आदि मसाला

amnesia ऐम्नीज़ियः *n* कुछ याद न रहना, स्मरण-शक्ति का नाश, स्मृतिलोप

amnesty ऐम्निस्टि *n* & *vt* (वि० राजनीतिक अपराधों के लिए सरकार की ओर से) सर्वक्षमा, आम माफ़ी; *vt* सर्वक्षमा करना, सबको माफ़ी देना

Amnesty International मानवाधिकार-परिपालन पर नज़र रखने वाली अन्तर्राष्ट्रीय संस्था, अन्तर्राष्ट्रीय सर्वक्षमा-संस्था,

amnion ऐम्नियन *n* गर्भ की सब से भीतरी झिल्ली, उल्ब

amoeba अमीबः *n* (निरन्तर आकार बदलने वाला) जीवाणु, अमीबा

amok अमॉक see amuck

among(st) *prep* 1 में, के मध्य, मध्य में, के बीच, बीच में [there is no traitor ~ us], 2 आपस में, परस्पर [the brothers are quarrelling ~ themselves]

amoral एमों॑रल *a* जिसका सदाचार या दुराचार से कोई सम्बन्ध न हो, नीतिनिरपेक्ष, **निर्नैतिक**

amorist ऐम-रिस्ट *n* कामी **; शृंगारी लेखक**

amorous ऐम-रस *a* 1 संभोगेच्छुक, कामुक, कामी, 2 प्रेम-संबंधी, शृंगारी, शृंगारिक [~ verses], 3 प्रेमी, प्रणयी, अनुरागी [~ of someone]

amorphous अमॉर्-फ़स *a* 1 जिसका कोई ठोस आकार न हो, आकारहीन, 2 *chem* जिसमें क्रिस्टल या ठोस कण न बने हों, 3 अस्पष्ट [~ opinions]

amortization अमॉर्टि-ज़ेशन *n* (see foll) 1 (भूमि का) अनन्यगामी संक्रामण, 2 ऋणशोध

amortize अमॉर्टाइज़ *vt* 1 (भूमि किसी संस्था को) दे देना (जिससे कि वह उससे छीनी न जा सके), 2 (थोड़ा-थोड़ा करके) ऋण चुकाना [to ~ a debt]

amount^{1} अमाउन्ट *vi* 1 (of money etc) कुल ज़ोड़ होना, (इतना) बनना [His debts ~ to Rs. 5000], 2 के बराबर या समान होना [His promises ~ to nothing]

amount^{2} *n* 1 कुल योग, कुल जोड़, 2 परिमाण, मात्रा; **any ~ of** बहुत अधिक, जितना कहो [He can spend any ~ of money]; **no ~ of** अधिक से अधिक भी ···नहीं, कितना भी··· नहीं [No ~ of opposition will deter me], 3 धनराशि, राशि, रकम, 4 मूलधन जमा सूद, मिश्रधन

amour propre (F ऐमूर प्रों॑प्र) स्वाभिमान, अहंमन्यता

ampere ऐम्पियर *n* विद्युत्-धारा का एकक, बिजली की यूनिट, ऐम्पियर

Amphibia ऐम्-फ़िबियः *n pl* रीढ़वाले जन्तुओं का वर्ग जो रेंगने वाले जन्तुओं और मछलियों के बीच की अवस्था में है और जल तथा स्थल दोनों में रह सकता है (*e.g.* मेंढक), उभयचर

amphibian ऐम्-फ़िबियन *a* & *n* 1 जलथलचर (जन्तु), उभयचर (जन्तु), 2 जल और स्थल से उड़ और दोनों पर उतर सकने वाला (विमान), जलथलचर विमान या टैंक आदि

amphibious ऐम्-फ़िबियस *a* 1 जलथलचर, उभयचर, 2 *mil*:~ operations धरती और समुद्र दोनों पर होने वाली युद्ध की कार्यवाहियां

amphitheatre ऐम्फ़ि-थिय-टर *n* 1 गोलाकार या अण्डाकार इमारत जिसमें खुले मैदान के इर्द-गिर्द दर्शकों के बैठने की जगहें सीढ़ियों की भांति बनी हों, खुला प्रेक्षागृह, 2 अर्धवृत्ताकार दीर्घा, 3 प्रतियोगिता-स्थल, अखाड़ा ; **रंगभूमि**

amphora ऐम्फ़र: *n* (ग्रीक अथवा रोमन) सुराही

ample ऐम्पल *a* 1 विस्तृत, विशाल, लंबा-चौड़ा, खुला, 2 बहुत, प्रचुर, विपुल [~ resources], 3 काफ़ी, पर्याप्त [Don't hurry; there is ~ time]

ampliative ऐम्प्लिय-टिव *a* (*log*) विस्तार करने वाला, विस्तारी, व्याख्यात्मक

amplification ऐम्प्लि-फ़िकेशन *n* 1 विस्तार, परिवर्द्धन, 2 विस्तृत रूप, 3 विस्तार करने वाली बात, व्याख्या

amplify ऐम्प्लिफ़ाइ *vt* & *i* 1 बड़ा करना, बढ़ाना, विस्तार करना, फैलाना, 2 (ध्वनि का) विस्तार करना, 3 (कथा या कथन का) विस्तार करना, 4 *vi* विस्तार से बोलना या लिखना

amplifier *n* ध्वनिवर्द्धक (यन्त्र)

amply *adv* प्रचुर मात्रा में; पर्याप्त रूप से, काफ़ी

amputate ऐम्प्युटेट *vt* (अङ्ग) काट डालना; **amputation** ऐम्प्युटेशन *n* अंगच्छेदन

amuck अमक, **amok** अमोॅक *adv* **to run ~** पागल होकर मारने दौड़ना

amulet ऐम्युलिट *n* विपत्ति से बचने के लिए पहना जाने वाला अभिमंत्रित कवच, रक्षाकवच, तावीज़

amuse अम्यूज़ *vt* 1 मनोरंजन करना, मनोविनोद करना, जी बहलाना [**to ~ oneself with something**], 2 गुदगुदाना, हँसा देना [I was much **amused at, by,** your suggestion]

amusement *n* 1 मनोरंजन, मनोविनोद, आमोद-प्रमोद, दिलबहलाव, 2 मनोरंजन का साधन, मनोरंजन की सामग्री

amusing *a* 1 मनोरंजक, मज़ेदार, 2 हास्यजनक

an ऐन, अन see **a, an**

ana एन: *n* 1 किसी की सूक्तियों का संग्रह, सूक्ति-संग्रह, 2 *pl* किसी व्यक्ति के विषय में छोटी-मोटी कहानियां और साहित्यिक गपशप

-ana आन: *suf* व्यक्ति या नगर या विषय से संबंधित कथाओं या प्रकाशित ग्रन्थों आदि के संकलन का सूचक प्रत्यय (*e.g.* Shakespeareana, Americana, Cricketana); -संबंधी ग्रन्थसंग्रह या कथासंग्रह या सामग्रीसंग्रह

ana- *pref* फिर, पुन:

anabaptist ऐन-बैप्टिस्ट *a* (see baptism) दीक्षित बच्चों को युवा होने पर फिर दीक्षा दिलाने का समर्थक, पुनर्दीक्षावादी

anabas ऐन-बैस *n* एक प्रकार की मछली जो पेड़ों पर चढ़ सकती है, वृक्षारोही मछली

anabasis अनैब-सिस *n* 1 समुद्रतट से देश के भीतर की ओर प्रस्थान, 2 सैनिक अभियान, चढ़ाई

anachronic ऐन-क्रोॅनिक *a* (see foll) 1 तारीख की गलती से संबंधित, 2 जिसका समय बीत गया हो पुराना-धुराना

anachronism अनैक्र-निज़्म *n* 1 किसी ऐतिहासिक घटना के काल के विषय में गलती, तारीख़ की गलती, कालभ्रम, कालभ्रान्ति, 2 वर्तमान समय से मेल न खाने वाली वस्तु, 3 दकियानूसी आदमी

anachronistic अनैक्र-निस्टिक *a* 1 जिसमें तारीख की गलती हो, ~ **error** तारीख की गलती, काल-भ्रान्ति, 2 पुराना-धुराना

anaconda **ऐन-कोॅन्ड:** *n* एक प्रकार का वृहत्काय सांप, अजगर, अनकोंदा

anadromous अनैड्र-मस *a* (of fish) जो अण्डे देने के लिए समुद्र से निकल कर नदी में चली जाती है

anaemia अनीमिय: *n* खून में लाल कणिकाओं की कमी (जिससे व्यक्ति का रंग पीला पड़ जाता है), रक्त की कमी, रक्तक्षीणता; **anaemic** अनीमिक *a* जिस में रक्त की कमी हो, क्षीणरक्त; *fig* दुर्बल

anaesthesia ऐनिस्थीज़िय: *n* 1 संज्ञाहीनता, बेहोशी, 2 संवेदनाशून्यता

anaesthetic ऐनिस्थेॅटिक *a* & *n* 1 बेहोशी लाने की (दवा), संज्ञाहर, निश्चेतक, 2 local ~ अंगविशेष को संवेदना शून्य करने की दवा, **अंगनिश्चेतक**

anaesthetize ऐनिस्थटाइज़ *vt* 1 बेहोश करना, 2 संवेदनाशून्य करना, 3 बेहोश या संवेदनाशून्य करने की दवा देना

anagoge ऐन-गोजी *n* (शब्द या शास्त्र की) आध्यात्मिक व्याख्या, (शास्त्र का) रहस्योद्बोधन

anagram ऐन-ग्रैम *n* 1 किसी शब्द के अक्षरों या मुहावरे के शब्दों का स्थान बदल कर नया शब्द या मुहावरा बनाना, वर्णविपर्यय, शब्द विपर्यय, 2 इस प्रकार बनाया गया नया शब्द या मुहावरा (*e.g.* late: tale)

anal एनल *a* (f. anus) गुदा-संबंधी

analects ऐन-लेॅक्ट्स, **analecta** (-लेॅक्ट:) *n pl* साहित्यिक संकलन, साहित्यकुसुमाञ्जलि

analeptic ऐन-लेॅप्टिक *a* & *n* बीमारी के बाद बल बढ़ाने की (दवा), स्वास्थ्यप्रद (औषध)

analgesia ऐनैल्जीज़िय: *n* दर्द का दूर करना, पीड़ाहरण; **analgesic** *a* & *n* पीड़ाहर (औषध)

analogic(al) ऐन-लोॅजिक(ल) *a* 1 सादृश्य पर आधारित, सादृश्यमूलक, 2 सादृश्यवाची, सादृश्यबोधक

analogist अनैल-जिस्ट *n* 1 सादृश्य के आधार फर तर्क करने वाला, साम्यानुमान का प्रयोग करने वाला, 2 सादृश्य की खोज में व्यस्त व्यक्ति

analogize अनैल-जाइज़ *vt* & *i* 1 सादृश्य स्थापित या प्रमाणित करना, 2 *vi* सादृश्य के आधार पर तर्क या वर्णन करना, सादृश्य का प्रयोग करना, 3 सदृश या अनुरूप या अनुकूल होना, मेल खाना [**to ~ with**]

analogous अनैल-गस *a* 1 मिलता-जुलता, सदृश, समान, अनुरूप [**~ to, with**], 2 *biol* समान कार्य करने वाला, समवृत्ति

analogue ऐनालोग *n* सदृश वस्तु या शब्द, तुल्यरूप शब्द

analogy अनैल-जि 1 सादृशय, समानता, अनुरूपता [**~ to, with,** something; **~ between two** things], मेल, 2 *log* सादृश्य पर आधारित तर्क, साम्यानुमान, 3 *philol* नये शब्द गढ़ने में विद्यमान शब्दों के जैसे प्रत्यय लगा लेना (*e.g.* 'operatic' from opera on the analogy of 'dramatic' from drama)

analyse ऐन-लाइज़ *vt* 1 किसी वस्तु की बनावट की बारीकी से जांच करना (जिससे कि उसके अवयवों या तत्वों का पता लग सके), 2 *chem* (तत्वों को) अलग-अलग करना, विश्लेषण करना, 3 (साहित्यिक रचना की) आलोचनात्मक जांच करना [to ~ a poem etc], 4 *gram* (वाक्य) विश्लेषण करना

analysis अनैलिसिस *n* (see prec) 1 विश्लेषण, 2 जांच, छान-बीन, **in the final ~** सारी जांच या सारे विचार-विमर्श का यह निष्कर्ष है कि, 3 bowling ~ बल्लेबाज़ी का विश्लेषण या विवरण (अर्थात् किसने कितने ओवरों में (see over *n*) कितने रन दिये, कितने विकिट लिए आदि), 4 =psycho-analysis

analyst ऐन-लिस्ट *n* विश्लेषक

analytic ऐन-लिटिक *a* 1 विश्लेषणात्मक, 2 बारीकी में जाने वाला, विश्लेषणकुशल, 3 *philol* अयोगात्मक; **~al** *a* 1 विश्लेषणमूलक, 2 *philol* अयोगात्मक

anamnesis ऐनम्-नीसिस *n* 1 (पूर्वावस्था या पूर्वजन्म की) स्मृति या स्मरण, अनुस्मरण, 2 (रोगी के द्वारा) रोग का कालक्रमानुसार विवरण, रोग का इतिहास

ananas अनानस *n* अनानास

anandrous अनैंड्रस *a* (*bot*) पुंकेसरहीन

anaphora अनैफ़रः *n* 1 *rhet* एक-दूसरे के बाद आने वाले वाक्यों में किसी शब्द या वाक्यांश की आवृत्ति (*e.g.* At her feet he bowed, he fell, he lay down), 2 *gram* बाद के वाक्यों में पहले आये शब्द के बजाय उसके विकल्प का प्रयोग, (*e.g.* the use of *does* in) I treat him as he does me. Also see do *vb* **III**

anarchic(al) अनार्किक(-ल) *aa* 1 अराजकता का, शासनहीनता का, 2 अराजक, शासनहीन

anarchism ऐनर्-किज़्म *n* यह सिद्धान्त कि पूर्ण स्वतन्त्रता के लिए सरकार का न होना ही ठीक है, सरकार खतम करने का सिद्धान्त, अराजकतावाद

anarchist ऐनर्किस्ट *n* (see prec) अराजकतावादी

anarchy ऐनर्कि *n* 1 अराजकता, 2 (राजनीतिक या सामाजिक) अव्यवस्था, गड़बड़

anathema अनैथिमः *n* 1 शाप, अभिशाप, दैवी अभिशाप, 2 (ईसाई संप्रदाय द्वारा) किसी व्यक्ति या सिद्धान्त का बहिष्कार, 3 अमङ्गल वस्तु, मनहूस चीज, 4 घृणित वस्तु या व्यक्ति [it, he, is **~ to me**]

anathematize अनैथि-मटाइज़ *vt & i* 1 शाप देना, 2 (जाति-)बहिष्कार करना

anatomical ऐन-टॉमिकल *a* 1 शरीररचनासंबंधी, शरीरविज्ञानसंबंधी; संरचना का [~ specimen]

anatomist अनैट-मिस्ट *n* 1 शरीरविज्ञानी; शरीर की चीर-फाड़ करने वाला, 2 *fig* विश्लेषण करने वाला, विश्लेषक

anatomize अनैट-माइज़ *vt* 1 (शरीररचना जानने के लिए) चीर-फाड़ करना, 2 *fig* बारीकी से जांच या परीक्षा करना, विश्लेषण करना

anatomy अनैटमि *n* 1 (प्राणियों के शरीर की) चीर-फाड़, व्यवच्छेदन, 2 शरीररचनाविज्ञान, 3 शरीररचना, 4 *fig* बारीकी से परीक्षा, सूक्ष्म परीक्षा, विश्लेषण

ancestor ऐन्सिस्टर *n* पूर्वज, पुरखा; बाप-दादा, नाना-नानी आदि; **ancestral** *a* पैतृक, पूर्वजों का, कुलक्रमागत, वंशपरम्परागत, खानदानी, पुश्तैनी

ancestry ऐन्सिस्ट्रि *n* 1 पूर्वज, बाप-दादा आदि, 2 वंश, कुल, खानदान; वंशावली, वंशपरम्परा, 3 प्राचीन वंश का होना, प्राचीनता

anchor^1 ऐङ्कर *n* 1 (जहाज़ का) लंगर, 2 **to cast ~; to come to ~** लंगर डालना; **at ~** लंगर डाले हुए; **to weigh ~** लंगर उठाना, 3 **sheet-~** बड़ा लंगर (जिसके डाल देने पर नाविक को विश्वास हो जाता है कि जहाज़ तूफ़ान आने पर भी स्थिर रहेगा); *fig* मुख्य सहारा, आश्रय; (also see sheet *n* 6)

anchor^2 *vt & i* 1 लंगर डाल कर (जहाज़ को) खड़ा करना, स्थिर करना, 2 *vi* लंगर डालना

anchorage *n* 1 लंगर डालने की क्रिया, लंगर डालना, लंगर डाल कर खड़ा रहना, 2 लंगरस्थान, लंगरगाह, 3 लंगरगाह पर जहाज़ ठहराने का भाड़ा, लंगर-भाड़ा, लंगर-शुल्क, 4 *fig* सहारा, आश्रय, स्थिरता का साधन

anchoress ऐन्करिस *n* (fem f. foll) साध्वी, वैरागिन, जोगिन

anchoret ऐन्करेंट, **anchorite** ऐन्कराइट *nn* साधु, वैरागी, जोगी

ancient एन्शन्ट *a* & *n* 1 प्राचीन, पुरातन, पुराना, पहले ज़माने का, 2 ancient history प्राचीन इतिहास; *fig* ऐसी बात जिसे लोग बहुत पहले से जानते हों, पुरानी बात; *n* **the ancients** प्राचीन सभ्य जातियां, वि० ग्रीक और रोमन जातियां

ancillary ऐन्-सिलरि *a* (मुख्य काम या उद्योग में) सहायता देने वाला, सहायक; an industry ~ to another; गौण, आनुषंगिक [~ industries]

and *conj* 1 और, एवं 2 बहुत से, कितने ही, miles and miles of barren land मीलों बंजर भूमि, 3 कई प्रकार के, तरह-तरह के (कुछ अच्छे, कुछ बुरे) There are books ~ books पुस्तकें तरह-तरह की होती हैं, कुछ अच्छी कुछ बुरी, 4 यदि Move ~ I shoot यदि तुम हिले, मैं गोली चला

दूंगा

andante ऐन्डैन्टि *adv, a & n* (*mus*) विलम्बित (ताल) में

andirons ऐन्डाइअर्न्ज़ *n pl* दीवार में बनी अंगीठी के फ़र्श पर रखे दो सींकचे जिन पर जलाने की लकड़ी रखते हैं, समिधाधान

androgyne ऐन्ड्र-जाइन *a & n*=hermaphrodite, उभयलिङ्गी,

androgynous ऐन्ड्रॉजिनस *a* उभयलिङ्गी

anecdotage *n* किस्से-कहानियां

anecdote ऐनिक्डोट *n* मनोरंजक घटना का वर्णन, मनोरंजक वृत्तांत, किस्सा; आख्यान, उपाख्यान

anemograph अनेॅम-ग्राफ़ *n* वायु की दिशा और गति को कागज़ पर अङ्कित करने का यन्त्र, वायुवेग-लेखक

anemometer ऐनिमॉमिटर *n* वायुवेगमापक

anent अनेॅन्ट *prep* (*arch*) के संबंध या विषय में

aneroid ऐन-रॉइड *a* निर्द्रव; **aneroid barometer** वायुदाबमापक यन्त्र जिसमें पारा आदि द्रव नहीं होता, निर्द्रव वायुदाबमापक

aneurysm, -rism ऐन्युरिज़्म *n* धमनी का फूल जाना, धमनीस्फीति

anew अन्यू *adv* 1 फिर से, नये सिरे से **[to begin** ~], 2 नये ढंग से [to write the story ~]

anfractuosity ऐन्फ़ैक्ट्युऑसिटि *n* 1 घुमाव, पेच, चक्कर, 2 *fig* जटिलता

angel एन्जल *n* 1 देवदूत, फ़रिश्ता, अप्सरा, परी; good (evil) angel मनुष्य के पुण्यों (पापों) को लिखने वाला फ़रिश्ता, 2 भोला-भाला आदमी, निष्पाप व्यक्ति, दयालु या परोपकारी जीव, देवता, देवी, 3 सुन्दर व्यक्ति

angelic ऐन्जेॅलिक *a* 1 देवदूत का, देवदूतसदृश, 2 (सौन्दर्य या अन्य गुणों में) देवतुल्य, अति सुन्दर, दिव्यगुणसंपन्न, दिव्य

angelus ऐन्जिलस *n* (R.C.Ch) 1 ईसा-अवतारके बारे के देवदूत जब्राईल (Gabriel) का मरियम को सन्देश, देवदूत-सन्देश, 2 इसकी स्तुति में प्रार्थना (जिसके आरंभिक शब्द हैं—Angelus domini nuntiavit Mariae), प्रार्थना की घंटी

anger ऐङ्गर *n & vt* क्रोध, रोष, कोप, गुस्सा; *vt* क्रुद्ध करना, गुस्सा दिलाना, नाराज करना

angina (pectoris) ऐन्जाइनः(पेॅक्टरिस) *n* (हृद्रोगी को ज़्यादा काम करने से होने वाला) छाती का दर्द

angle^1 ऐङ्गल *n* 1 कोण; **acute** ~ न्यूनःकोण; **right** ~ समकोण ; **obtuse** ~ अधिककोण, 2 कोना, 3 *fig* (also ~ of vision) दृष्टिकोण [He looks at all problems from his own selfish ~], 4 *journ* ढंग, तौर, अन्दाज़, 5 **~-iron** कोनिया लोहा

angle^2 *vt* 1 तिरछा रखना, 2 *journ* विशेष दृष्टिकोण से लिखना, विशेष ढंग या अन्दाज़ से (समाचार) प्रस्तुत करना

angle^3 *vi* 1 (मछली पकड़ने के लिए) कांटा डालना, काँटे से फंसाने की कोशिश करना, बँसी से मछली पकड़ना [to ~ for trout etc], 2 *fig* चालाकी से पाने की कोशिश करना, की खोज या फिराक में फिरना **[to ~ for compliments, votes, etc]**

Angles ऐङ्गल्ज़ *n pl* पांचवी शताब्दी में पश्चिम जर्मनी से ब्रिटेन में आ॰बसने वाली जाति

angler *n* मछली पकड़ने वाला, माहीगीर

angling *n* मछली का शिकार, मछली पकड़ना

Anglican ऐङ्गलिकन *a & n* 'चर्च आफ़ इंग्लैंड' का (अनुयायी), ऐंग्लिकन

Anglicism *n* 1 अंग्रेज़ी मुहावरा या प्रयोग, 2 अंग्रेजी तरीका या रीति-रिवाज; अंग्रेज़ीपन, आंग्लीयता, 3 अंग्रेज़ी चीज़ों आदि से प्रेम

Anglicize ऐङ्ग्लिसाइज़ *vt* 1 अंग्रेज़ी भाषा के अनुरूप बनाना, अंग्रेज़ी ढंग का बनाना [to ~ the pronunciation of Indian names], 2 (in *pass*) अंग्रेज़ी रहन-सहन या तरीका अपनाना

Anglo-Saxon ऐङ्ग्लो-सैक्सन *n & a* १०६६ में नार्मन (Norman) लोगों के आने से पहले का अंग्रेज या अंग्रेज़ी, 2 *colloq* सीधी-सादी अंग्रेज़ी, (कहीं भी रहने वाला) अंग्रेज़ों का वंशज, अंग्रेज़; *a* ऐंग्लो-सैक्सन जाति या भाषा का

angora ऐङ्गॉरः *n* अँगोरा बकरी का ऊन; इस ऊन का धागा, इस से बना कपड़ा

angry ऐङ्ग्रि *a* क्रुद्ध, कुपित, नाराज़ [He is ~ **at, about,** my late coming; is ~ **at, with,** me]; **to get ~ with someone** किसी पर नाराज़ होना, 2 क्रोध-भरा [~ words]

anguine ऐङ्ग्विन *n* सांप का; सांप-जैसा, सर्पसदृश

anguish ऐङ्ग्विश *n* 1 तीव्र पीड़ा, दर्द, कष्ट, व्यथा, 2 मानसिक वेदना, मनोव्यथा, चिन्ता [to be **in** ~]

anguished *a* 1 व्यथित, दुःखी, चिन्तित, 2 दर्दभरा

angular ऐङ्ग्युलर *a* 1 नुकीला, नोकदार; कोणीय, कोणाकार, कोनिया, 2 (of person) दुबला-पतला [a tall, ~ man], 3 जिस में शालीनता या नम्रता न हो, अशिष्ट, गँवार

angularity *n* 1 कोणीयता, 2 अशिष्टता, 3 *pl* **angularities** तीखी नोकें; नोकदार बहिर्रेखा

anhydrous ऐन्हाइड्रस *a* (*chem*) निर्जल

anicut, anni- ऐनिकट *n* (सिंचाई के लिए नदी पर बना) बांध

aniline ऐनिलिन *n* 1 तारकोल से निकलने वाला चिकना द्रव्य-विशेष, ऐनिलीन, 2 ~ **dye** ऐनिलीन से बनने वाला कोई भी रंजक द्रव्य या रंग, ऐनिलीन-रंग

animadversion ऐनिमैड्वर्शन *n* आलोचना, टीका-टिप्पणी; निन्दा

animadvert ऐनिमैड्वर्ट *vi* (किसी के आचरण, दोष आदि की) आलोचना करना, निन्दा करना [to ∼ on someone's conduct, action]

animal ऐनिमल *n* & *a* 1 प्राणी, जीव, जानदार, 2 जन्तु, पशु, चौपाया, 3 पशुतुल्य मनुष्य, पशु, जानवर, 4 पाशविक वृत्ति [the ∼ in man], 5 *colloq* वस्तु या व्यक्ति; A perfect vacation?—there's no such animal पूरी छुट्टी?—ऐसी कोई चीज़ नहीं होती! *a* 1 प्राणियों का, ∼ **kingdom** प्राणिजगत्, 2 ∼ **husbandry** पशुपालन, 3 ∼ **spirits** (अच्छे स्वास्थ्य और भर-पूर बल के कारण) ~~बढ़ा-हुआ~~ उत्साह, उमंग, जोश, जिन्दादिली, 4 इन्द्रिय-लोलुप, विषयी

animalcule ऐनिमैल्क्यूल *n* बहुत छोटा जीव (जिसे अणुवीक्षणयन्त्र से ही देखा जा सके), अणुजीव, जन्तुक

animalism ऐनिमलिज़्म *n* 1 पाशविक आचरण, पाशविकता, 2 विषयासक्ति, विषयपरायणता, भोगपरायणता, 3 मनुष्य को पशुतुल्य मानने का सिद्धांन्त, पशुवाद

animality ऐनिमैलिटि *n* 1 पशुप्रकृति, 2 जन्तु-शरीर (की रचना), 3 (मनुष्य की) पाशविक वृत्ति, 4 पशुजगत्, जन्तुजगत्

animate^1 ऐनिमिट *a* 1 जीवित, जीता-जागता, सजीव, 2 प्रसन्नचित्त, विनोदशील, विनोदी, जिन्दादिल

animate^2 ऐनिमेट *vt* 1 प्राण फूंकना या डालना, जान डालना; अनुप्राणित करना, 2 बहुत दिलचस्प बनाना [an animated discussion], 3 प्रोत्साहित करना, प्रेरित करना [He was animated by religious zeal], 4 **animated cartoon** (जीवित सा) चलता-फिरता कार्टून

animation *n* 1 प्राणसंचार, 2 जोश, उत्साह; जिन्दादिली, 3 चलते-फिरते कार्टून बनाने की प्रक्रिया

animism ऐनिमज़्म *n* 1 विश्वात्मा में विश्वास, 2 यह विश्वास कि पौधों तथा जड़ पदार्थों में भी आत्मा होती है, जड़ात्मवाद; **animist** *n* 1 विश्वात्मा में विश्वास करने वाला, 2 जड़ पदार्थों में आत्मा मानने वाला, जड़ात्मवादी

animosity ऐनिमॉसिटि *n* घोर शत्रुता, वैर, द्वेष [∼ **against, towards**, one's neighbour; ∼ **between** cousins]

animus ऐनिमस *n* 1 जीवनी शक्ति, प्राण, 2 इच्छा, संकल्प, 3 घोर शत्रुता (की भावना), द्वेष, विरोध

anise ऐनिस *n* सौंफ़ का पौधा

aniseed ऐनिसीड *n* सौंफ़

ankle ऐङ्कल *n* 1 टख़ना, गुल्फ़, 2 पांव के ऊपर टांग का पतला भाग, 3 ∼-**joint** गुल्फ़सन्धि

anklet *n* पायल, पाज़ेब, नूपुर, पैंजनी

anna ऐन: *n* आना, इकन्नी (जिसका चलन १९५८ में बन्द हो गया था)

annal ऐनल *n*,1 एक वर्ष की घटनाओं का वर्णन, एक वर्ष का इतिहास; **annalist** *n* वर्षक्रमानुसार इतिहास लिखने वाला, इतिहासकार; **annals** *n pl* ऐतिहासिक घटनाओं का वर्षक्रम से वर्णन, इतिहास, इतिवृत्त

anneal अनील *vt* & *n* 1 (तपाने के बाद धीरे-धीरे ठंडा करके धातु या शीशे को) कड़ा करना, (इस प्रकार मिट्टी को) पकाना, तापानुशीतित करना, 2 *fig* (मन को) कड़ा करना; *n* तापानुशीतन

annex अनॅक्स *vt* 1 (बड़ी चीज़ के साथ छोटी को) मिला लेना, जोड़ना, संलग्न करना, नत्थी करना [to ∼ something **to** something], 2 (पुस्तक आदि में) परिशिष्ट के रूप में जोड़ना, 3 (इलाके को) अपने राज्य में मिला लेना [to ∼ a territory], 4 उपाधि आदि जोड़ना; प्राप्त करना, जीतना [Bhopal has ∼ed the national Hockey title]; ∼**ation** *n* समामेलन

annexe ऐनॅक्स *n* 1 परिशिष्ट, 2 (मुख्य भवन से लगे हुए या अलग) दो-तीन कमरे, उपभवन, उपगृह

annihilate अनाइअलेट *vt* 1 पूर्णत: या अधिकांश नष्ट कर देना [The bombardment annihilated the city]; अस्तित्व मिटा देना, 2 मुख्य भाग का संहार करना, सामूहिक अस्तित्व ख़तम कर देना, नष्ट-भ्रष्ट या छिन्न-भिन्न कर देना [to ∼ an army]

annihilation अनाइअ-लेशन *n* 1 विनाश, विध्वंस, 2 संहार

anniversary ऐनिवर्सरि *n* 1 वर्षगांठ; वार्षिकोत्सव, जयंती

Anno Domini ऐनो-डॉमिनाइ (*abbr* **A.D.**) प्रभु ईसा के वर्ष में, सन् (१९८० आदि) ईसवी में

annotate ऐनोटेट *vt* 1 (ग्रन्थ आदि पर) टीका या टिप्पणी लिखना, भाष्य या व्याख्या करना, 2 नोट या टिप्पण लिखना या लगाना; ∼**d** *a* सटीक; **annotator** *n* टीकाकार, भाष्यकार, टिप्पणलेखक; **annotation** *n* टीका, टिप्पणी, व्याख्या, भाष्य; टिप्पण

announce अनाउन्स *vt* 1 घोषणा करना, घोषित करना, एलान करना [to ∼ that ...], 2 (किसी के आगमन की) सूचना देना [the heralds ∼d the king], 3 सूचित करना, बताना [He ∼d his intentions], 4 (शब्दों के बिना मन या इन्द्रियों को) संकेत करना या देना, 5 (on radio) (सन्देश या समाचार) पढ़ कर सुनाना, प्रवाचित करना

announcement *n* 1 घोषणा, एलान, 2 सूचना, 3 प्रवाचन

announcer अनाउन्सर *n* 1 उद्घोषक, 2 वाचक, प्रवाचक

annoy अनॉइ *vt* 1 तनिक गुस्सा दिलाना, खिजाना, नाराज़ करना [**to be** ∼**ed with someone, at something**], 2 सताना, तंग करना, परेशान करना, चैन न लेने देना [to ∼ the enemy]

annoyance अनॉइंस *n* 1 खीज, झुंझलाहट, झल्लाहट, 2 परेशानी, बेचैनी, 3 परेशानी का कारण, परेशान करने वाली बात

annual ऐन्युअल *a* & *n* 1 प्रति वर्ष होने वाला, वार्षिक, सालाना, 2 (of plant) वर्षभर रहने वाला, 3 (of book) वार्षिक अङ्कों में छपने वाला; *n* 1 एकवर्षी पौधा, 2 वार्षिक पत्रिका; वार्षिक अङ्क

annuity अन्युइटि *n* 1 प्रति वर्ष दी जाने वाली रकम, 2 वार्षिक वृत्ति, वार्षिकी, 3 पूंजी लगाने की पद्धति जिससे पूंजी लगाने वाले को प्रतिवर्ष नियत राशि मिलती रहती है, वार्षिकी [Govt. annuity.]

annul अ-नल *vt* 1 उन्मूलन करना, अन्त करना [to ~ a custom], 2 रद्द करना, मंसूख करना, निराकरण करना [to ~ a law], 3 अवैध ठहराना

annular ऐन्युलर *a* 1 मंडलाकार, वृत्ताकार, वलयाकार, 2 ~ **eclipse** of the sun सूर्य का ऐसा ग्रहण जिसमें सूर्यमण्डल के ठीक मध्य में चन्द्रमा की छाया पड़ने से प्रकाश का चक्रमात्र दिखता रहता है, वलयाकार सूर्यग्रहण

annulate ऐन्युलेट *a* छल्लेदार

annulment *n* मंसूखी; निराकरण

annunciate अनन्सियेट *vt* 1 घोषित करना, 2 (किसी के) आने की सूचना देना

annunciation^1 अनन्सियेशन *n* घोषणा

Annunciation^2 *n* 1 (देवदूत जब्राईल द्वारा कुमारी मरियम को दी गई) ईसा-अवतार की सूचना, 2 (इसकी स्मृति में) उत्सव, पर्व

anode ऐनोड *n* (*electr*) धनाग्र, ऐनोड

anodize ऐन-डाइज़ *vt* (धातु पर) ऐल्युमीनियम का पानी चढ़ाना

anodyne ऐन-डाइन *a* & *n* 1 दर्द को हल्का या दूर करने वाली (दवा), पीड़ाहर, 2 मन को सान्त्वना या शान्ति देने वाली (बात)

anoint अनोंइन्ट *vt* 1 सुगन्धित चिकना द्रव्य मलना (वि॰ दीक्षा या राजतिलक के अवसर पर), अभ्यंजन लगाना, अभ्यंजित करना [to ~ someone **with** oil], 2 राज्याभिषेक करना [to ~ someone king]; ~**ment** *n* अभ्यंजन

anomalistic अनोॅमलिस्टिक *a* 1 ~ **year** सूर्य की परिक्रमा करते हुए पृथ्वी को सूर्य के एक निकटतम स्थल से दूसरे निकटतम स्थल तक पहुँचने में जितना समय लगता है, परिवर्ष, 2 ~ **month** पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए चन्द्रमा को पृथ्वी के एक निकटतम स्थल से दूसरे निकटतम स्थल तक पहुंचने में जितना समय लगता है, परिमास

anomalous अनोॅमलस *a* 1 नियमविरुद्ध, अनियमित, बेकायदा, 2 असाधारण, असामान्य, विलक्षण

anomaly अनोॅ-मलि *n* 1 नियमविरुद्ध बात, अनियमितता, बेकायदगी, 2 *astron* (ग्रह की कक्षा पर सूर्य के निकटतम स्थल से) ग्रह की कोणिकदूरी, कोणान्तर

anon अनोॅन *adv* (*arch* or *literary*) 1 शीघ्र, अभी, थोड़ी ही देर में, 2 **ever and anon** थोड़ी-थोड़ी देर बाद

anonym ऐन-निम *n* 1 अज्ञातनामा व्यक्ति, गुमनाम आदमी, 2 गुमनाम पुस्तक, 3 उपनाम

anonymity ऐन-निमिटि *n* नाम का अज्ञात रहना, गुमनामी

anonymous अनोॅनिमस *a* 1 अज्ञातनामा [~ writer], 2 जिस पर लेखक का नाम न हो, गुमनाम [~ letter, poem, etc]

another अनदर *pron* & *a* 1 दूसरा व्यक्ति, दूसरी चीज़, कोई और [I don't like this pen; show me ~], 2 एक और [you have only one pen; take ~]; *a* दूसरा, दूसरी, कोई और [~ person told me]; भिन्न, अलग [This is quite ~ matter]; एक और [~ cup of tea]; और [in ~ ten years]

anschluss G आँश्लुस *n* अपने में मिला लेना, विलय (वि॰ १९३८ में आस्ट्रिया का जर्मनी में बलपूर्वक विलय)

answer^1 आन्सर *n* 1 उत्तर, जवाब, 2 (समस्या, प्रश्न का) हल, समाधान, इलाज, प्रतिकार, to know all the ~s बहुत अनुभवी होना, 3 बदले में की गई कार्यवाही, प्रतिक्रिया, जवाब [The ~ was a volley of bullets, protests, etc]

answer^2 *vt* & *i* 1 उत्तर देना, जवाब देना, 2 संतोषजनक होना, काम चला देना; This pen will ~ my purpose इस कलम से मेरा काम चल जायेगा, 3 *vi* अनुकूल होना, अनुरूप होना, मेल खाना, सदृश होना; This man ~s **to** the description given by the police इस आदमी की शक्ल-सूरत पुलिस द्वारा दिये गये हुलिये से मिलती है, 4 to ~ **for** someone or something किसी व्यक्ति या काम के लिए ज़िम्मेवार होना, 5 किसी की जगह पर उत्तर देना [to ~ **for** someone]; ~**able** *a* उत्तरदायी, जवाबदेह, ज़िम्मेदार

ant ऐन्ट *n* 1 चींटी; **white** ~ दीमक, 2 ~-**hill** वल्मीक, बाँबी; *fig* मकान जिसमें बहुत ज़्यादा लोग रहते हों, लोगों से खचाखच भरा मकान

antacid ऐन्टैसिड *a* & *n* अम्लरोगनाशक, अम्लत्वनाशक, प्रत्यम्ल

antagonism ऐन्टैग-निज़्म *n* 1 शत्रुता, वैर, प्रतिद्वन्दिता [~ **to, against,** someone; ~ **between** two persons], 2 विरोध [~ **to** something, ~ **between** two things]

antagonist ऐन्टैगनिस्ट *n* 1 विरोधी, शत्रु, वैरी प्रतिद्वन्दी, 2 *biol* दूसरे के काम में बाधा डालने वाला; **antagonistic** *a* 1 शत्रुतापूर्ण, शत्रुवत्, 2 विरोध करने वाला, विरोधी; प्रतिकूल, विरोधात्मक

antagonize ऐन्टैगनाइज़ *vt* किसी को वैरी बनाना, किसी से वैर मोल लेना, विरोधी बनाना [His speech antagonized many voters], 2 (of force etc) के विपरीत कार्य करना, को निष्प्रभाव करना

antarctic ऐन्टार्कटिक *n* & *a* 1 दक्षिणध्रुव प्रदेश (का); दक्षिणध्रुवीय 2 A~ **Circle** दक्षिणध्रुवीय

वृत्त *i.e.* 66° 33′ दक्षिण का अक्षांश

antalkali ऐन्टैल्कलाइ *n* क्षारनाशक (पदार्थ)

ante- *pref* forming *nouns* & *adjs* पूर्व, प्राक्, पहले

antecedence ऐन्टि-सीडन्स *n* 1 पूर्वगामी या पूर्ववर्ती होना, पूर्वगामिता, पूर्ववर्तिता, पूर्वता, 2 प्राथमिकता, पूर्वता; अपेक्षाकृत अधिक महत्त्व

antecedent ऐन्टि-सीडन्ट *a* & *n* पूर्वगामी, पूर्ववर्ती, से पहला, से पहले का [~ to something]; *n* 1 पूर्ववर्ती वस्तु या अवस्था या स्थिति या घटना या तथ्य आदि, 2 *log* पूर्वपद, 3 *math* पूर्वपद, 4 *gram* संबंधित पूर्वगामी शब्द या वाक्य (*e.g.* In 'Sita lost her book' 'Sita' is the ~ of 'her'), 5 ~s (व्यक्ति का) पूर्वचरित, पूर्ववृत्त

antechamber ऐन्टि-चेम्बर *n* बड़े कमरे से पहले का छोटा कमरा (जिसमें आने वाले प्रतीक्षा कर सकते हैं), उपकक्ष, डयोढ़ी

antedate *n* & *vt* पूर्वतिथि, पहले की तारीख; *vt* 1 (किसी कृति या घटना की) वास्तविक घटना से पहले की तिथि डालना या निर्दिष्ट करना, पूर्वदिनाँकित करना [to ~a document, an event], 2 किसी घटना से पहले (घटित) होना

antediluvian ऐन्टि-डिलूवियन *a* & *n* 1 नूह के समय की विश्वव्यापी बाढ़ से पहले का, प्रलय से पहले का, बाबा आदम के ज़माने का, 2 पुराना, दकियानूसी [~ ideas]; *n* 1 पुरानी चाल-ढाल का आदमी, दकियानूसी आदमी, पुराणपन्थी, 2 वयोवृद्ध व्यक्ति

antelope ऐन्टिलोप *n* एक प्रकार का हिरन, कृष्णसार

ante meridiem (*abbr* **a.m.**) ऐन्टि-म-रिडियम *phr* मध्य-रात्रि और मध्याह्न के बीच, दोपहर से पहले, पूर्वाह्न (में)

antemundane ऐन्टिमन्डेन *a* सृष्टि से पूर्व का

antenatal ऐन्टि-नेटल *a* जन्म या प्रसव से पहले का, प्राक्जन्म, प्राक्प्रसव

antenna ऐन्टेनः *n* 1 कुछ कीड़ों और जलचर जन्तुओं के सिर पर का ज्ञानेन्द्रियविशेष जिससे वे मार्ग टटोलते हैं, शृंगिका, स्पर्शशृंगिका, 2 (रेडियो और टेलीविज़न का) एरियल

antenuptial ऐन्टि-नप्शल *a* विवाह से पहले का, विवाहपूर्व; विवाह से पहले उत्पन्न

antepenult ऐन्टिपिनल्ट *a* & *n* =foll

antepenultimate एन्टि-पिनल्टिमेट *a* & *n* अन्तिम दो (वर्णों या ध्वनियों) से पहले का, अन्त से तीसरा, उपान्त्यपूर्व

anteprandial *a* भोजन से पहले का

anterior ऐन्टीरियर *a* 1 पूर्ववर्ती, पूर्वकालीन, (काल में) किसी से पहले का [an ~ age; ~ to a period], 2 (स्थान में) किसी के आगे का, ऊपर का

ante-room *n* 1 बड़े कमरे से पहले का छोटा कमरा, उपकक्ष, 2 *mil* बैठक

anthelion ऐन्ट्-हीलियन *n* सूर्य के सामने की ओर बादल या धुंध पर पड़ने वाला सफ़ेद प्रकाशमंडल

anthem ऐन्थम *n* 1 देशभक्ति का गीत, national ~ राष्ट्रगीत; राष्ट्रगान; the national ~ of India = जनगणमन…, 2 भजन, गीत, स्तुतिगान, 3 गिरजे का गीत जिसे गायकों के दो दल उत्तर-प्रत्युत्तर के रूप में बारी-बारी से गाते हैं

anther ऐन्थर *n* (*bot*) परागकोष

anthology ऐन्थॉलजि *n* चुने हुए गीतों आदि का संग्रह, काव्यकुसुमांजलि, काव्यमाला, सूक्तिसंग्रह, चयनिका

anthracite ऐन्थ्-साइट *n* पत्थर का कड़ा कोयला (जिसमें राल नहीं होती)

anthrax ऐन्थ्रैक्स *n* 1 गाय-भैंसों और भेड़ों का रोग (जो उनसे मनुष्य को भी लग सकता है), गिल्टी रोग, 2 भयङ्कर फोड़ा, कार्बङ्कल

anthropo- *comb form* meaning 'human', मानव-

anthropoid ऐन्थ्र-पॉइड *a* & *n* मानवसदृश, मानवाकार; *n* मनुष्य से मिलता-जुलता जन्तु, बनमानुष, वानर आदि

anthropologist ऐन्थ्रपॉल-जिस्ट *n* (see foll) मानवविज्ञानी

anthropology ऐन्थ्पाल-जि *n* मनुष्य के शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा मानवसमाज के रीति-रिवाज के विकास का अध्ययन, मानवविज्ञान

anthropomorphic ऐन्थ्रप-मॉर्फ़िक *a* (see foll) मानवता का आरोप करने वाला, मानवतारोपी

anthropomorphism -मॉर्फ़िज़्म *n* (देवता, पशु आदि को) मनुष्य के से रूप और गुणों वाला मानना, मानव के रूप और गुणों का आरोप करना, मानवतारोप(ण)

anthropomorphist *n* (देवता आदि पर) मानवता का आरोपण करने वाला, देवता को मानवाकार मानने वाला, मानवतारोपवादी

anthropomorphous *a* मानवाकार, मानवरूप

anti- ऐन्टि *pref* (sometimes ant-) meaning 'against' 'opposite of', विरुद्ध, विरोधी, विपरीत, निवारक, प्रति-

anti-aircraft gun *n* विमानभेदी तोप

antibiotic *a* & *n* जीवाणुनाशक (तत्त्व)

anti-body *n* रक्त में विद्यमान तत्त्व (प्रोटीन) जो अन्य हानिकारक तत्त्वों को नष्ट करते हैं, रोगनाशक या रोगप्रतिकारक तत्त्व; प्रतिपिण्ड

antic ऐन्टिक (usu in *pl*) *n* 1 (नट आदि की) हास्यजनक शारीरिक चेष्टा, हास्यजनक अङ्गविकृति, (भांड का) खेल-तमाशा [to perform, play, one's antics], 2 उछल-कूद, नटखटी, शरारत

anticipate ऐन्टिसि-पेट *vt* 1 (किसी घटना की) आशा करना, प्रतीक्षा करना, पहले से जान लेना [to ~ events], 2 उपयुक्त समय से पहले विचार करना या इस्तेमाल करना या खर्च करना, 3 (आशंकित घटना की) पेशबन्दी करना, से बचाव का

पहले से प्रबन्ध करना [We ~d the attack], 4 प्रतिपक्षी की चाल को पहले से जान कर विफल कर देना [We ~d the enemy]

anticipation ऐन्टिसि-पेशन *n* 1 आशा, प्रत्याशा, प्रतीक्षा, 2 पूर्वज्ञान, पूर्वानुमान, 3 पहले से किया हुआ प्रबन्ध, पेशबन्दी

anticipatory -पेटरि *a* 1 पूर्वज्ञान या पूर्वानुमान पर आधारित, 2 प्रत्याशित, 3 समय से पूर्व किया जाने वाला, अगाऊ, 4 पहले से प्रबंध करने का

anticlimactic ऐन्टिक्लाइमैक्टिक *a* (f. foll) उत्कर्ष के बाद अपकर्ष का सूचक, अपकर्षात्मक

anticlimax ऐन्टिक्लाइमैक्स *n* 1 पराकाष्ठा का उलट, प्रतिकाष्ठा, 2 ऐसी घटना या कथन या परिणाम जो आशा से कहीं कम महत्त्व का हो, बहुत आशाजनक बात का तुच्छ परिणाम, टाँय-टाँय फिस, 3 (भाषण आदि में) उदात्त भावनाओं से तुच्छ बातों पर उतर आना जोकि बहुत हास्यजनक लगता है, 4 उन्नति के बाद अवनति, उत्कर्ष के बाद अपकर्ष

anticorruption *a* भ्रष्टाचारनिरोधक

anticlockwise *adv* & *a* वामावर्त

anticyclone ऐन्टि-साइक्लोन *n* अधिक दबाव वाले क्षेत्र से वायु का चक्कर खाते हुए बाहर की ओर प्रवाह, प्रतिचक्रवात

antidote ऐन्टिडोट *n* 1 विष या रोग के प्रभाव को दूर करने वाला, विषहर, जहरमार, 2 *fig* (किसी बुराई का) प्रतिकार, तोड़ [Hard work is ~ to sorrow]

antifreeze *n* (मोटरकार के रेडियेटर में प्रयुक्त) पानी का जमाव-बिन्दु कम करने वाला पदार्थ, जमावरोधी

anti-G suit *n* अन्तरिक्षयात्री पर यान के तीव्र वेग का प्रभाव कम करने वाला सूट, प्रतिगुरुत्व सूट या वेश (also G-suit)

antigen ऐन्टिजिन *n* रोगनाशकतत्त्वजनक

anti-inflationary *a* मुद्रास्फीति कम करने वाला

antilogarithm *n* प्रतिलघुगणक

antilogy ऐन्टिल-जि *n* ऐसा कथन जिसका एक अवयव दूसरे का खंडन करे, विरोधगर्भित उक्ति, अन्तर्विरोध, वदतो व्याघात

antimony ऐन्टिमनि *n* सुरमा, अंजन

antinational *a* राष्ट्रविरोधी

antinomian ऐन्टिनोमियन *a* & *n* सदाचार के बन्धन को न मानने वाला (ईसाई)

antinomy ऐन्टिन-मि *n* 1 (दो सिद्धान्तों या नियमों या कानूनों का) परस्परविरोध, विप्रतिषेध, (एक ही कानून आदि में) अन्तर्विरोध, 2 विरोधाभास

antipathetic *a* 1 विरोधी स्वभाव का, 2 घृणा करने वाला [~ to], द्वेषी

antipathic *a* (of *med*) विपरीत लक्षण पैदा करने वाला

antipathy ऐन्टिप-थि *n* स्वाभाविक विरोध, द्वेष, वैर, घृणा [~ **to, for,** someone; ~ **between** two persons]

antiphlogistic *a* & *n* सूजन कम करने वाली (दवा), सूजनहर

antiphon ऐन्टिफ़न *n* 1 भजन जिसे गायकों के दो दल एक-दूसरे के प्रत्युत्तर में बोलते हैं, उत्तरप्रत्युत्तरात्मक गीत, 2 *fig* जवाब, उत्तर, प्रत्युत्तर

antiphonal *a* & *n* 1 गायकों के दो दलों द्वारा बारी-बारी से गाया जाने वाला भजन, 2 ऐसे भजनों का संग्रह, भजनसंग्रह

antiphony ऐन्टि-फ़नि *n* 1 उत्तरप्रत्युत्तरात्मक गायन या गीत, 2 प्रतिध्वनि

antipodal ऐन्टिप-डल *a* (f. antipodes) 1 प्रतिध्रुवस्थ, 2 विपरीत, उलटा

antipode ऐन्टि-पोड *n* (back-form of foll) बिल्कुल उलट या विपरीत

antipodes ऐन्टिप-डीज़ *n pl* भूमंडल पर एक-दूसरे के बिल्कुल उल्टी तरफ़ स्थित स्थान या प्रदेश, प्रतिध्रुव; **antipodeans** ऐन्टि-पडीयन्ज़ *n pl* प्रतिध्रुवस्थ लोग

antipole ऐन्टि-पोल *n* 1 दूसरा ध्रुव, प्रतिध्रुव, 2 बिल्कुल उलट

antipyretic *a* & *n* ज्वर रोकने या उतारने वाला (औषध), ज्वरहर

antiquarian ऐन्टिक्वेरियन *a* & *n* पुरातन, प्राचीन, पुराना, रूढ़िवादी, पुरातत्त्वसंबंधी; *n* पुरातत्त्ववेत्ता, पुराविद्

antiquary ऐन्टिक्व-रि *n* प्राचीन वस्तुओं का संग्रह या अध्ययन करने वाला, पुरातत्त्ववेत्ता

antiquated ऐन्टिक्वेटिड *a* 1 जिसका प्रचलन न रहा हो, अप्रचलित, पुराने फ़ैशन का [~ dress], 2 (of person, ideas) दकियानूसी

antique ऐन्टीक *a* & *n* 1 प्राचीन, पुरातन, पुराने जमाने का; पुराने ढंग का, 2 अप्रचलित; *n* पुराने जमाने की चीज (वि० फर्नीचर), पुरावस्तु, [~ shop, ~ dealer]

antiquity ऐन्टिक्विटि *n* 1 प्राचीनता, 2 प्राचीन काल, 3 प्राचीन लोग, 4 **antiquities** पुरावशेष, पुराने खण्डहर; पुराने रीति-रिवाज

antirabic *a* पागल कुत्ते के काटे का विष दूर करने वाला, प्रत्यालर्क

antiscriptural *a* शास्त्रविरुद्ध, शास्त्रविरोधी

anti-Semite *a* & *n* यहूदीविरोधी (व्यक्ति)

antiseptic ऐन्टि-सेप्टिक *a* & *n* 1 पूतिरोधी, पीपरोधी, 2 बिल्कुल साफ़-सुथरा; *n* पूतिरोधी पदार्थ

antisocial *a* 1 समाज की मर्यादा के विपरीत आचरण करने वाला, समाजविरोधी, ~ elements समाज के शत्रु, 2 गैर-मिलनसार

antitheism ऐन्टि-थीइज़्म *n* ईश्वरविश्वास का विरोध

antitheist *n* ईश्वरविश्वास का विरोध करने वाला व्यक्ति

antithesis *n* ऐन्टिथि-सिस *pl* -theses (ऐन्टिथि-

सीज़) *n* 1 विरोध, प्रतिकूलता, विपरीतता, विषमता [~ **between** two things], 2 एकदम उलट [~ **of, to**], 3 *rhet* विपरीतार्थक शब्दों या वाक्यों को साथ-साथ रख कर उन का वैषम्य उजागर करना, *e.g.* 'Give me liberty or give me death'

antithetic(al) ऐन्टि-थे ̐टिक(ल) *aa* 1 विरोधात्मक, 2 एकदम भिन्न या उलट, 3 विरोधगर्भित

antitoxin ऐन्टि-टॉ ̐क्सिन *n* जीवविषहर, विषहर (see toxin)

antitrade wind *n* व्यापारिक वायु की विपरीत दिशा में चलने वाली वायु, प्रतिव्यापारिक वायु (see trade wind)

antitype *n* 1 नमूने या प्रतीक द्वारा सूचित (मूल) वस्तु, 2 विपरीत प्रकार की वस्तु

antler ऐन्ट्लर *n* हिरन का शाखामय सींग, मृग-शृङ्ग; सींग की एक शाखा

antonomasia ऐन्टनो-मेज़ियः *n* (*rhet*) 1 व्यक्ति के नाम के स्थान पर उसकी विशेषतासूचक उपाधि का प्रयोग; प्रतिनाम *e.g.* 'the Iron man' for 'Sardar Patel', 2 विशेषता को व्यक्त करने के लिए उस विशेषता वाले प्रसिद्ध व्यक्ति के नाम का प्रयोग, *e.g.* 'a Solomon' for 'a wise man'

antonym ऐन्ट-निम *n* विपरीतार्थक शब्द, विपर्याय

antrum ऐन्ट्रम *n* (*anat*) छिद्र, कोटर (वि० उपरले जबड़े की हड्डी में)

anus एनस *n* गुदा

anvil ऐन्‌विल *n* निहाई; on the ~ विचाराधीन, परीक्षाधीन

anxiety ऐन्ग्ज़ायटि *n* 1 चिन्ता, फ़िक्र, बेचैनी, परेशानी, 2 उत्सुकता, उत्कण्ठा, आतुरता

anxious ऐन्क्शस *a* 1 चिन्तित [~ **for** someone's safety], बेचैन, 2 उत्सुक, उत्कण्ठित, आतुर, इच्छुक [~ **for something;** ~ **to do something**], 3 चिन्ताजनक, चिन्ता का [an ~ moment]

any ऍनि *a, pron & adv* 1 *a & pron* कोई, कुछ, किञ्चित्, तनिक [Do you see any difference? No, not any]; चाहे कोई भी, Come any day किसी दिन (भी) आ जाओ, 2 *adv* तनिक भी, कुछ [Is the patient any better ?]

anybody *n* or *pron* 1 कोई आदमी, 2 कुछ महत्त्व रखने वाला आदमी, व्यक्ति जो किसी गिनती में हो [Is he ~?], 3 कोई भी आदमी (अर्थात् सभी लोग) [Anybody will tell you so]; **anybody's game** बराबर का मुकाबला, **anybody's guess** विषय जिसके बारे में पहले से कुछ न कहा या बताया जा सके, जिसके बारे में भविष्यवाणी न की जा सके (also see guess *n*)

anyhow *adv & conj* 1 किसी न किसी प्रकार (से), जैसे भी हो सके, जैसे-तैसे, 2 अव्यवस्थित ढंग से, लापरवाही से [He does his work ~]; Things are all ~ सब गड़बड़ है ; *conj* बहरहाल

anyone *n & pron* =anybody

anyplace *adv* कहीं भी =anywhere

anything *n & pron* 1 कोई भी चीज़, किसी प्रकार की वस्तु; कोई काम या सेवा [Can I do ~ for you?], 2 ~ **but** सिवाय इसके [He is ~ but mad], 3 **like** ~ बड़े ज़ोर-शोर से, बड़ी तेज़ी से [to work, run, like ~]

anywhere *adv & pron* कहीं भी, किधर भी; **anyway** *adv & conj* =anyhow 1 ; **anywise** *adv* किसी भी तरह (से)

aorist tense एयरिस्ट टे ̐न्स *n* (in Gk & Skt *gram*) सामान्य भूत (*e.g.* I saw), लुङ्लकार

aorta एऑर्टा *n* हृदय के बायें प्रकोष्ठ से निकलने वाली बड़ी नस, महाधमनी

apace अपेस *adv* तेज़ी से [The work is proceeding ~]

apache अपैश *n* गुण्डा

ap(p)anage ऐप-निज *n* 1 राजकुमारों के भरण-पोषण का खर्च, 2 भत्ता, 3 स्वाभाविक गुण, साथ रहने वाली चीज़

apart अपार्ट *adv* 1 अलग, पृथक् [to hold oneself ~], 2 **apart from** अलावा, अतिरिक्त [~ from this, I have one more suggestion to make], 3 joking ~ मखौल या दिल्लगी की बात नहीं है, सच है, 4 **to set apart** (for) (किसी काम के लिए) अलग रख देना, 5 **to tell** ~ में भेद करना [It is difficult to tell them apart]

apartheid अपार्ट् ̐-हेट/हाइट *n* गोरी और काली जातियों को अलग-अलग रखने की (दक्षिण अफ्रीका सरकार की) नीति, जातिपार्थक्य (की नीति)

apartment अपार्ट्मन्ट *n* 1 घर का कोई एक कमरा, 2 *pl* (सामान-सहित किराये का) मकान, आवास, फ़्लैट

apathetic ऐप-थे ̐टिक *a* 1 भावशून्य; उदासीन, 2 रुचि न लेने वाला, बेपरवाह

apathy ऐप-थि *n* 1 दुःख या कष्ट की परवाह न करना, 2 भावशून्यता; उदासीनता, विरक्ति, 3 रुचि का अभाव, विमुखता, उपेक्षा

ape एप *n & vt* 1 पुच्छहीन वानर ; बनमानुष, 2 नकल करने वाला व्यक्ति, नकलची, भाँड ; *vt* 1 नकल करना, अनुकरण करना, 2 नकल उतारना

apepsy अपे ̐प्सि *n* अपच, अजीर्ण, बदहज़मी

aperçu F ऐपर्स्यु *n* संक्षेप, सार, रूपरेखा

aperient अपियरियन्ट *a & n* मृदु रेचक

aperitif अपे ̐रिटिफ़ *n* (अल्कोहलयुक्त) क्षुधावर्धक पेय

aperture ऐपचंर *n* 1 छिद्र, छेद, सूराख, 2 (वीक्षणयन्त्र में) प्रकाश के प्रवेश का छिद्र, द्वार, द्वारक

apery एप-रि *n* 1 नकल, भंडैती, 2 अनुकरण

apex एपे ̐क्स *n* 1 चोटी, शिखर, *fig* पराकाष्ठा, 2 सिरा, नोक, 3 *geom* त्रिभुज का शिरोबिन्दु

aphasia अफ़ेज़ियः *n* (मस्तिष्करोग के कारण)

बोलने या बोली समझने में असमर्थता, ज़बान बन्द हो जाना, वाक्शक्ति का ह्रास, वाचाघात

aphelion अफ़ीलियन *n* ग्रह की कक्ष पर का वह स्थान जो सूर्य से दूरतम हो, अपसूर्यबिन्दू (opp. perihelion)

aphonia, -ny अफ़ोनियः, ऐफ़नि, *nn* (वाक्तन्तुओं आदि की खराबी के कारण) वाक्शक्ति का ह्रास, मूकता, गूंगापन

aphorism ऐफ़रिज़्म *n* **1** कहावत, लोकोक्ति, **2** नीतिवचन, सूक्ति, सूत्र

aphoristic *a* सूत्रात्मक

aphrodisiac ऐफ़्-डिज़ि-ऐक *a* & *n* कोमोद्दीपक (द्रव्य), वाजीकरण

aphyllous अ-फ़िलस *n* (*bot*) बिना पत्तों का, अपर्णी

apiarian एपियेरियन *a* मधुमक्खीपालन का

apiary एपियरि *n* मधुमक्खी पालने की जगह, मधुवाटिका

apiculture एपिकल्चर *n* मधुमक्खीपालन

apiece अ-पीस *adv* हर एक को [I gave them five rupees ~]; प्रत्येक, एक-एक [The toys cost a rupee ~]

apish एपिश *a* **1** (आकार और व्यवहार में) बन्दर-जैसा, **2** (मूर्खों की भांति) नकल करने वाला, **3** मूर्ख, मूर्खतापूर्ण

aplomb F अप्लोँम *n* न घबराना, धैर्य, साहस, आत्मसंयम, आत्मविश्वास

apocalypse अपोँकलिप्स *n* **1** इल्हाम, ईश्वरीय ज्ञान (का ग्रन्थ), **2** रहस्योद्घाटन

apocalyptic(al) अपोँकलिप्टिक(ल) *aa* रहस्योद्घाटन करने वाला; भविष्यसूचक

apocope अपोँकपि *n* शब्द के अन्तिम अक्षर या भाग का लोप, अन्त्याक्षरलोप (*e.g.* in the formation of 'curio' from 'curiosity', & 'cinema' from 'cinematograph')

Apocrypha अपोँक्रिफ़ः *n* पुरानी इंजील के अप्रमाणिक खंड

apocryphal *a* (see prec) अप्रमाणिक; झूठा, नकली

apogee ऐप-जी *n* **1**(चन्द्रमा या नक्षत्र या कृत्रिम उपग्रह की कक्षा पर का) वह बिन्दु जो पृथ्वी से दूरतम हो, अपभू (cf. perigee), **2** *fig* दूरतम स्थान, उच्चतम स्थल, चोटी, शिखर, पराकाष्ठा

Apollo अपोँलो *n* **1** (Gk & Rom *myth*) संगीत, काव्य, चिकित्सा और पुरुष-सौन्दर्य का देवता, **2** अत्यन्त सुन्दर युवक

Apollyon अपोँलियन *n* शैतान

apologetic अपोँल-जेँटिक *a* **1** गलती मानने को तैयार, गलती के लिए खेद व्यक्त करने वाला, क्षमा-प्रार्थी, **2** क्षमायाचना का [an ~ letter], **3** समर्थन करने वाला, औचित्य प्रदर्शन करने वाला , समर्थक

apologia ऐप-लोँजियः *n* **1** अपने आचरण या विचारों का लिखित औचित्यप्रदर्शन, स्पष्टीकरण, सफ़ाई

apologist अपोँल-जिस्ट *n* तर्क द्वारा (धर्म, प्रथा आदि का) औचित्यप्रदर्शन करने वाला, समर्थक

apologize अपोँल-जाइज़ *vi* क्षमायाचना करना, माफ़ी या क्षमा मांगना, खेद व्यक्त करना [to ~ to someone, for something]

apologue ऐप-लोँग *n* उपदेशात्मक जन्तुकथा

apology अपोँल-जि *n* **1** क्षमायाचना, माफ़ी मांगना [to make, offer, an ~], **2** औचित्य-प्रदर्शन, सफ़ाई, स्पष्टीकरण, **3** ~ for का तुच्छ नमूना [an ~ for a dinner]

apophthegm ऐप-थेँम *n* नीतिवचन, सूक्ति, सूत्र

apoplexy ऐपप्लेँक्सि *n* लकवा

apostasy अपॉस्टसि *n* अपने धर्म, प्रण, सिद्धान्त, दल आदि का परित्याग; स्वधर्मत्याग, प्रणत्याग, दल से अलग हो जाना, **apostate** *a* & *n* धर्मत्यागी, दलत्यागी

a posteriori L ए पोँस्टियरियॉराइ *adv* & *a* कार्य से कारण का अनुमान करते हुए; आगमन-रीति से; *a* आगमनात्मक; अनुभवाश्रित

Apostle अपोँसल *n* **1** सन्देशवाहक, **2** ईसा द्वारा धर्मप्रचार के लिए भेजे गये १२ शिष्यों में से एक, **3** सुधारकार्य का प्रवर्त्तक [~ of temperance]

apostolic ऐपस्टोँलिक *a* **1** (ईसाई) धर्मप्रचारक का, **2** A~ Internuncio पोप का दूत; A~ See पोप का पद या आसन या अधिकारक्षेत्र

apostrophe^1 अपोँस्ट्रफ़ि *n* **1** वर्णलोप या अक्षरलोप का चिन्ह ('), *e.g.* can't for cannot; don't for do not, **2** संबंधकारक का चिन्ह, *e.g.* Rama's house.

apostrophe^2 *n* (*rhet*) कविता या भाषण का क्रम भंग करते हुए किसी (वि० दिवंगत या अनुपस्थित) व्यक्ति को संबोधन, उत्संबोधन; **apostrophize** अपोँस्ट्रफ़ाइज़ *vt* & *i* संबोधन या उत्संबोधन करना

apothecary अपोँथिकरि *n* (*arch*) औषधविक्रेता; अत्तार; पंसारी

apotheosis अपोँथिओसिस *n* **1** देवत्वारोपण, ऋषि मानना, सन्तों में गणना करना, देवता या ऋषि या संत की भांति पूजा करना, **2** आदर्श, चरमोत्कर्ष

apotheosize *vt* **1** देवता बनाना, महात्मा या सन्त के पद पर प्रतिष्ठित करना, महिमान्वित करना, **2** गुणगान करना

appal अपॉल *vt* (-ll-) भयभीत करना, त्रस्त करना, हक्का-बक्का कर देना; ~**ling** *a* भयानक, भयङ्कर, घोर

apparatus ऐप-रेटस *n* **1** (कार्यविशेष की) सामग्री, सामान, उपकरण, उपस्कर, **2** यन्त्र(-समूह), संयंत्र, औज़ार, **3** *physiol* मिलकर कार्यविशेष करने वाले अवयवों का समूह, तन्त्र, **4** (राजनीतिक या प्रशासनिक) तन्त्र

apparel^1 अपैरल *n* वेश-भूषा, पहनावा, पोशाक, परिधान

apparel^2 *vt* (-ll-) *arch* वेश-भूषा करना, पोशाक पहनाना

apparent अपैरन्ट, *a* 1 व्यक्त, स्पष्ट, प्रत्यक्ष, प्रकट, साफ़, ज़ाहिर [The truth became ~ to him], 2 दृश्यमान, भासमान, प्रतीयमान [~ magnitude], 3 ऊपरी, दिखावटी [his ~ indifference], 4 **heir-~** जिसका उत्तराधिकार छीना न जा सके, प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी

apparition ऐप-रिशन *n* 1 दिव्य प्राणी का दर्शन, दिव्य दर्शन, 2 भूत, प्रेत, साया

apparitor अपैरिटर *n* पादरी-परिषद् का अधिकारी, (रोम का) दीवानी अधिकारी

appeal^1 अपील *vi* 1 (निचली अदालत के फ़ैसले पर) पुनर्विचार करने के लिए (ऊंची अदालत से) आवेदन करना, प्रार्थना करना [to ~ **to** the Supreme Court], 2 नम्रनिवेदन करना, अनुनय-विनय करना, विनती करना [to ~ **to** someone, **for** something, to do something], 3 सहायता माँगना [to ~ to someone], 4 आकर्षक होना, अच्छा लगना, जँचना, प्रभावित करना [your argument doesn't ~ to me]

appeal^2 *n* 1 पुनर्विचार की प्रार्थना या आवेदन, अपील, 2 अनुनय-विनय, विनति, प्रार्थना, 3 आकर्षण [has sex ~]; रोचकता [The game has lost its ~]

appealing *n* आकर्षक, अच्छा लगने वाला, जँचने वाला

appear अपियर *vi* 1 दिखाई देना, प्रकट होना, सामने आना, 2 उपस्थित होना, पेश होना [to ~ before a court], 3 (of book) प्रकाशित होना, 4 प्रतीत होना, जान पड़ना, मालूम होना, लगना [to ~ sad etc]

appearance अपियरन्स *n* 1 रूप, शक्ल, सूरत [a pleasing ~], 2 आविर्भाव, प्रकट होना, दिखाई देना [**to make one's ~**], 3 उपस्थिति, **to put in an ~** थोड़ी देर के लिए आना या उपस्थित होना, शक्ल दिखाना, 4 (अदालत में) पेशी, हाजिरी, 5 प्रतीति, आभास, **to all appearance(s)** देखने में तो; **to keep up, to save, appearances** (समृद्धि आदि का) दिखावा बनाये रखना

appease अपीज़ *vt* 1 (क्रोध, व्यक्ति को) शान्त करना, मनाना, 2 *polit* (शत्रु को शान्त रखने के लिए उसकी) अनुचित मांगें पूरी करना, (शत्रु के आगे) झुक जाना [**to ~ the aggressor**], 3 (भूख आदि) मिटाना, शान्त करना; **~ment** तुष्टीकरण

appellant अपेॅलन्ट *a* & *n* 1 अपील करने वाला (व्यक्ति), अपीलकर्त्ता, 2 =foll

appellate अपेॅलिट *a* (*law*) अपील सुनने वाला; ~ court अपील-अदालत, पुनर्विचार-न्यायालय; ~ jurisdiction अपील सुनने का अधिकार, पुनर्विचार-अधिकार (क्षेत्र)

appellation ऐपलेशन *n* 1 नाम, अभिधान, संज्ञा, 2 पदनाम, उपाधि

appellative अपेॅल-टिव *a* (of words) जाति या वर्ग का वाचक, जातिवाचक

append अपेॅन्ड *vt* 1 साथ लगाना, नत्थी करना, जोड़ना, टांकना, 2 लिख कर साथ लगा देना, जोड़ना [to ~ a note]

appendage *n* 1 संलग्न वस्तु, साथ की चीज़, 2 परिशिष्ट, 3 *biol* उपांग, 4 अधीन व्यक्ति, अनुचर, पिछलग्गू

appendicitis अपेॅन्डिसाइटिस *n* आन्त्रपुच्छ की सूजन, उपान्त्र शोथ, उण्डुकशोथ (see foll 2)

appendix अपेॅन्डिक्स *n* (*pl* -ices, -ixes) 1 परिशिष्ट, अनुबन्ध, 2 *anat* आन्त का उपाङ्ग, उपान्त्र, आन्त्रपुच्छ, उण्डुक

apperceive ऐपर्सीव *vt* 1 (देखते या सुनते समय) इस बात का ध्यान रहना कि मैं देख या सुन आदि रहा हूं, 2 *psych* नई इन्द्रियानुभूति को (किसी पहली इन्द्रियानुभूति से मिलती-जुलती पाकर) समझ पाना

apperception ऐपर्-सेॅप्शन *n* 1 मन का अपने आप को जानना, संप्रत्यक्षीकरण, अभिबोध, 2 (see prec 2) साभिज्ञान इन्द्रियानुभूति

appertain ऐपर्टेन *vi* 1 किसी का होना, किसी के साथ का होना, से संबंधित होना [to ~ to], 2 उपयुक्त होना

appetence ऐपिटन्स *n* 1 तीव्र इच्छा, चाह, उत्सुकता, उत्कण्ठा, 2 स्वाभाविक प्रवृत्ति, रुचि, शौक

appetent ऐपिटन्ट *a* अत्यन्त इच्छुक, उत्सुक, उत्कण्ठित, लालायित

appetite ऐपिटाइट *n* 1 भूख, बुभुक्षा, क्षुधा [to spoil someone's ~]; to eat with ~ बड़ी रुचि से खाना, 2 रुचि, इच्छा, चाह

appetizer *n* भूख लगाने वाली चीज़, क्षुधावर्द्धक

appetizing *a* भूख जगाने या लगाने वाला, भोजन में रुचि बढ़ाने वाला, क्षुधावर्द्धक, रुचिवर्द्धक

applaud अप्लॉड *vi* & *t* 1 (अनुमोदन करने के लिए) तालियां बजाना, करतलध्वनि करना, वाह्-वाह करना, 2 *vt* (तालियां बजाकर या ऊंचे स्वर से) अनुमोदन करना, 3 प्रशंसा करना, अभिनन्दन करना [to ~ someone, someone's efforts]

applause अप्लॉज़ *n* करतलध्वनि के साथ अनुमोदन, करतलध्वनि, तालियों की गड़गड़ाहट, वाह्-वाह (की ध्वनि)

apple ऐपल *n* 1 सेब, 2 **the ~ of one's eye** आंख की पुतली, तारा ; *fig* अत्यन्त प्रिय वस्तु या व्यक्ति, आंख का तारा [Krishna was the ~ of Yashoda's eye], 3 **apple-pie order** बिल्कुल ठीक क्रम या ढंग या विन्यास, सुव्यवस्था, 4 **~ of discord** परस्पर ईर्ष्या और झगड़ा पैदा करने वाली वस्तु, प्रतिस्पर्धा का कारण [Gk & Rom *myth*. A golden apple inscribed "For the fairest" was thrown among the gods by Eris, goddess of discord. Juno, Minerva and Venus contended for it. It was awarded to Venus]

appliance अप्लायंस *n* साधन, उपकरण; (छोटा-मोटा) यन्त्र [an electrical ~]

applicable *a* 1 जो लागू हो सके, लागू, 2 जो प्रयुक्त हो सके, 3 उपयुक्त, ठीक [~ to]

applicant ऐप्लिकन्ट *n* प्रार्थी, आवेदक, उम्मीदवार

application ऐप्लिकेशन *n* (see foll) 1 लगाना [for external ~], 2 उपयोग, प्रयोग [industrial ~ of a discovery], 3 लागू होना या करना, विनियोग; संबंध, प्रासंगिकता [~ of a rule], 4 मन लगाना, मनोयोग, अध्यवसाय [~ to one's studies], 5 प्रार्थनापत्र, आवेदनपत्र, दरख़ास्त, अर्ज़ी

apply अप्लाइ *vt* & *i* 1 पास ले जाना, निकट रखना, लगाना [to ~ a matchstick **to** gas; to ~ an ointment], 2 प्रयोग या उपयोग करना, व्यवहार या काम में लाना, बरतना [to ~ a method, remedy, etc], 3 (मन) लगाना [to ~ one's mind **to** a problem]; जुट जाना [to ~ oneself **to** work, studies], 4 *vi* प्रार्थनापत्र या आवेदनपत्र देना [to ~ for a post], 5 लागू होना, संबंधित होना [this rule applies **to** my case]

appoint अपॉइन्ट *vt* 1 नियुक्त करना [to ~ someone (to be) governor; to ~ someone to do something], 2 (किसी काम के लिए समय, स्थान) नियत करना, निर्धारित करना [to ~ a time, place, for a meeting], 3 *law* (संपदा का) भावी अधिकारी घोषित करना

appointed *a* 1 नियत [at the ~ time], 2 सुसज्जित [a well-~ house]

appointment *n* 1 नियुक्ति; पद, ओहदा, 2 मिलने का वादा, **to keep** (*or* **break**) **an ~** वादे के अनुसार नियत समय और स्थान पर पहुंचना (न पहुंचना); वादे के अनुसार मिलने जाना (न जाना)

apportion अपॉर्‌शन *vt* 1 (किसी को उसका) हिस्सा देना [to ~ something **to** someone], 2 (वस्तु) बाँट देना [to ~ the expenditure etc] ; **~ment** *n* बाँट, बटवारा, आबँटन

apposite ऐप-ज़िट *a* 1 अच्छे शब्दों में व्यक्त किया हुआ, उचित, उपयुक्त, ठीक [an ~ remark], 2 संगत, प्रासंगिक, प्रसंगोचित [~ to]

apposition ऐप-ज़िशन *n* 1 पास-पास रखना, सन्निधान, 2 *gram* एक ही वस्तु या व्यक्ति के वाचक दो शब्दों का पास पास होना, समानाधिकरण, *e.g.* Nehru, our first Prime Minister, was an ardent socialist. Here 'our first Prime Minister, is in ~ to 'Nehru'.

appraisal अप्रेज़ल *n* 1 मूल्यांकन [~ of art], 2 मूल्यनिर्धारण

appraise अप्रेज़ *vt* 1 मूल्य आँकना, मूल्यांकन करना, 2 (वस्तु का) मूल्य निर्धारित करना, 3 अन्दाजा लगाना, अनुमान करना, कूतना; **~ment** *n* अनुमान, अन्दाज़ा

appreciable अप्रीश-बल *a* 1 जो महसूस किया जा सके, इन्द्रियगम्य, 2 जिसका अनुमान या अन्दाजा लगाया जा सके, 3 अच्छा खासा; There is no ~ difference कोई ख़ास फ़रक नहीं है

appreciate अप्रीशिएट *vt* & *i* 1 प्रशंसा करना, कदर करना [I ~ your efforts], 2 गुण पहचानना, रसास्वादन करना [to ~ music], 3 समझना, जानना, महसूस करना [Can you ~ the difference between the two shades?], 4 मूल्यांकन करना, अन्दाजा लगाना, 5 कीमत बढ़ाना, मंहगा करना, 6 *vi* कीमत बढ़ना, महंगा होना [Land is appreciating]

appreciation अ-प्रीशिएशन *n* 1 प्रशंसा, कदरदानी, 2 गुणदोषविवेचन, आलोचना, रसास्वादन [~ of music], 3 पहचान, समझ, एहसास [~ of the situation], 4 मूल्यांकन, 5 मूल्यवृद्धि

appreciative *a* कदर करने वाला, कदरदान, गुणज्ञ, रसज्ञ [~ of music]

appreciatory *a* प्रशंसात्मक

apprehend ऐप्रिहेंन्ड *vt* 1 मन या इन्द्रियों द्वारा ग्रहण करना, 2 समझना-बूझना, जानना, 3 पकड़ना, गिरफ़्तार करना, 4 (भावी अनिष्ट का) भय होना, आशंका होना [I ~ trouble, that there would be trouble]

apprehensible *a* इन्द्रियग्राह्य, इन्द्रियगम्य, (मन द्वारा) बोधगम्य

apprehension ऐप्रिहेंन्शन *n* 1 इन्द्रियों द्वारा ग्रहण, इन्द्रियानुभूति, 2 बोध, समझ, 3 (भावी अनिष्ट का) डर, आशङ्का, 4 गिरफ्तारी, धर-पकड़

apprehensive ऐप्रिहेंन्‌सिव *a* 1 इन्द्रियग्रहण संबंधी, बोध संबंधी, 2 जिसे किसी बात की आशंका हो, आशंकित [I was ~ of trouble, ~ that there would be trouble] ; चिन्तित, सशंक, आशंकित [She is ~ for her son (*or* son's safety)]

apprentice अप्रेंन्टिस *n* & *vt* 1 काम सीखने वाला, शिक्षार्थी, प्रशिक्षणार्थी, शागिर्द [an ~ to a carpenter etc], 2 (esp of jockey) नौसिखिया; *vt* किसी के यहाँ काम सीखने के लिए बैठाना, शागिर्द रखवाना [to ~ someone to a carpenter etc]; **~ship** *n* 1 प्रशिक्षण, शागिर्दी, 2 प्रशिक्षणकाल

apprise अप्राइज़ *vt* सूचित करना, बताना, अवगत कराना, आगाह करना [the authorities were apprised of the situation]

approach^1 अप्रोच *vt* & *i* 1 निकट आना, पास आना, पास पहुंचना [to ~ the city], 2 सदृश होना, समान या तुल्य होना [As a poet, he hardly approaches Keats], 3 लगभग होना, 4 काम शुरु करना to ~ a task, problem, etc], 5 किसी से प्रस्ताव या बातचीत करना [to ~ someone with a proposal], 6 *vi* पास आना [The examination is approaching]

approach^2 *n* 1 निकट आगमन, 2 पहुंच, रसाई [a man **easy, difficult, of** ∼], 3 मार्ग, रास्ता, 4 मिलती-जुलती या लगभग वस्तु [an ∼ **to** perfection], 4 पर विचार करने या काम शुरु करने का ढंग या तरीका [my ∼ **to** the problem], दृष्टिकोण

approbation ऐप्रबेशन *n* 1 स्वीकृति, मंजूरी, अनुमोदन, 2 अच्छा समझना, पसंद करना, पसंदगी

approbatory ऐप्रबेटरि *a* स्वीकृतिसूचक, अनुमोदनात्मक

appropriate^1 अप्रोप्रि-इट *a* 1 उचित, उपयुक्त, अनुरूप, ठीक [∼ **to, for,** the occasion etc], 2 व्यक्तिविशेष का अपना, निजी [∼ to someone]

appropriate^2 अप्रोप्रियेट *vt* 1 हथिया लेना, अपने अधिकार में कर लेना, आत्मसात् कर लेना; अपनाना, 2 गबन करना, हड़पना, 3 (धन को) खास काम के लिए अलग रखना, निमित्त करना, विनियोग करना [to ∼ funds for a purpose]

appropriation अप्रोप्रियेशन *n* 1 विनियोग, 2 (विशेष काम के लिए) दिया गया या अलग रखा गया धन, रकम, राशि

approval अप्रूवल *n* 1 स्वीकृति, मंजूरी, 2 पसंदगी [I hope it will meet **with** your ∼], 3 **on** ∼ पसंद आने पर; goods on approval पसंद आने पर माल रख लीजिये (अन्यथा लौटा दीजिये)

approve अप्रूव *vt* 1 स्वीकृति देना, मंजूरी देना, अनुमोदन करना [to ∼ a bill], 2 *vt* & *i* **to approve (of)** पसंद करना, अच्छा समझना, ठीक समझना

approver *n* इकबाली गवाह, सरकारी गवाह

approximate^1 अप्रॉक्सिमिट *a* 1 लगभग, करीब-करीब, 2 बहुत मिलता-जुलता [an ∼ situation], 3 लगभग ठीक, मोटा [an ∼ estimate]

approximate^2 अप्रॉक्सिमेट *vt* & *i* 1 (गुण, संख्या आदि में) लगभग समान बनाना, 2 *vi* लगभग होना [to ∼ **to** the truth]

approximately *adv* 1 लगभग, करीब-करीब, 2 मोटे तौर पर

approximation अप्रॉक्सिमेशन *n* 1 समीपता, निकटता, आसन्नता, 2 बहुत मिलती-जुलती चीज, लगभग समान वस्तु [∼ to reality], 3 *math, phys* लगभग ठीक आकलन, मोटा अनुमान [This is an ∼]

appurtenance अपर्टिनन्स *n* (f. appertain) 1 संबंधित वस्तु, सहायक (वस्तु), गौण-वस्तु, 2 उपकरण, साज-सामान, 3 (usu in *pl*) सम्पत्ति, सामान, माल-असवाव

apricot एप्रिकॉट *n* खूबानी, चीलू

April एप्रिल *n* 1 अप्रैल, अंग्रेजी कैलंडर का चौथा महीना, 2 **April-fool** व्यक्ति जिसे पहली अप्रैल के दिन उल्लू बनाया जाये [to make an April-fool of someone]

a priori L ए प्राइयॉराइ *adv* & *a* 1 कारण से कार्य का अनुमान करते हुए, कारण-कार्य न्याय से, निगमन रीति से, 2 अनुमानतः; *a* 1 निगमनात्मक [a priori reasoning], 2 (इन्द्रियानुभूति के बिना) केवल अनुमान द्वारा ज्ञात, पूर्वसिद्ध [a priori knowledge]

apron एप्रन *n* 1 पोशाक को छींटे आदि से बचाने के लिए आगे बांधा जाने वाला कपड़ा, पेटवा, 2 **tied to the apron-strings** (of mother, wife, etc) (माता, पत्नी आदि का) वशवर्ती, (उसके) आंचल से बँधा हुआ

apropos ऐप्र-पो *adv* & *a* 1 के उद्देश्य से, 2 के विषय में, बारे में, संबंध में [∼ of]; *a* उचित, उपयुक्त

apse ऐप्स *n* 1 (वि० गिरजे के सिरे पर) मेहराबदार छत वाला अर्द्धवृत्ताकार कक्ष; अर्द्धवृत्तकक्ष, 2 =apsis

apsis ऐप्सिस *n* (*pl* apsides ऐप्सिडीज़) ग्रह की अण्डाकार कक्षा पर का वह स्थल जहां वह कक्षा के केन्द्र के निकटतम (=lower apsis) अथवा दूरतम (=higher apsis) होता है

apt ऐप्ट *a* 1 उपयुक्त, उचित, ठीक, प्रसंगोचित [an ∼ remark], 2 जिसके कुछ (वि० गलती) करने की बहुत संभावना हो [You are **apt to** make a mistake, to forget, to believe, etc], 3 बहुत समझदार, मेधावी, योग्य, कुशल [**apt at** (doing) something]

apterous ऐप्टरस *a* पंखरहित

aptitude ऐप्टिट्यूड *n* 1 स्वाभाविक प्रवृत्ति या योग्यता [He has great ∼ **for** research], 2 (शिल्प आदि सीखने की) योग्यता, क्षमता

aptness *n* 1 उपयुक्तता, औचित्य, 2 करने की संभावना, रुझान [∼ to forget etc], 3 योग्यता, कुशलता

aqua- *pref* जल, पानी

aquamarine ऐक्व-मरीन *n* 1 नील-हरित वैदूर्य मणि, बेरूज, 2 नील-हरित रंग

aquaplane *n* जलक्रीड़ा के खिलाड़ी के खड़े होने का तख्ता (जो मोटर किश्ती द्वारा तेजी से खींचा जाता है), जल (क्रीड़ा) फलक

aquariam अक्वेरियम *n* जीवित जलजन्तुओं और जलवनस्पतियों के लिए तालाब, जलजीवशाला

Aquarius अक्वेरियस *n* कुंभराशि

aquatic अक्वैटिक *a* & *n* 1 जल में रहने वाला, जलचर, 2 जल में उगने वाला, जलीय; *n* 1 जलचर, 2 जलीय पौधा, जलवनस्पति

aqueduct ऐक्विडक्ट *n* 1 दूर से पानी लाने की नाली, पानी की नाली, 2 *anat* द्रव बहने की नलिका, (द्रव-)वाहिनी

aqueous एक्वियस *a* 1 पानी का; जलमय, जलप्राय, 2 ∼ **humour** (*anat*) आँख के शीशे (lens) और स्वच्छ मंडल (cornea) के बीच का स्वच्छ द्रव, नेत्रोद

aquiline ऐक्विलाइन *a* 1 उकाब का, उकाब-जैसा, 2 ~ nose तोते या गरुड़ जैसी (मुड़ी हुई) नाक, शुक नासिका

Arab ऐरब *n* & *a* 1 अरब का (निवासी), अरबी, 2 street arab आवारा बच्चा, अनाथ बच्चा

arabesque ऐर-बें स्क *n* 1 कुण्डलाकार फूल-बूटे, 2 (ballet) एक टांग पर खड़े होने की मुद्रा-विशेष (जिसमें एक हाथ आगे और दूसरा पीछे की ओर फैलाया जाता है), अरबस्क-मुद्रा

Arabian अरेबियन *a* & *n* 1 अरब का (निवासी), अरबी, 2 ~ Nights 'अलिफ़-लैला' नामक अरबी ग्रन्थ जिस में कल्पनाप्रधान कहानियां हैं

Arabic ऐरेबिक *a* & *n* 1 अरब का, अरबी, 2 ~ numerals अरबी अङ्क 0, 1, 2, 3, 4 आदि; *n* अरबी (भाषा)

arable ऐरबल् *a* & *n* 1 खेती के लायक, जोतने-लायक, कृषियोग्य (भूमि), जोती हुई (भूमि), 2 (of crop) जो कृषिभूमि पर उगाया जा सके

arachnid अरॅक्-निड *n* मकड़ी, बिच्छू, चिचड़ी आदि के वर्ग का कोई कीड़ा , लूताभ

Araldite ऐरल्-डाइट *n* टूटी चीज़ें जोड़ने का रासायनिक राल

Aramaic ऐर-मेइक *a* & *n* सीरिया देश की (भाषा), सीरियाई

arbiter आर्बिटर *n* 1 निर्णय करने वाला, निर्णायक, पंच, मध्यस्थ, 2 ~ of our destiny हमारा भाग्य-विधाता

arbitrage आर्-बिट्राश्ज़ *n* माल या हुंडियों या विदेशी मुद्रा को किसी मंडी से खरीद कर तत्काल दूसरी मंडी में बेच देना जिससे कि मंडियों में मूल्य के अन्तर के कारण लाभ हो सके, अन्तरपणन

arbitral *a* 1 पंचनिर्णय का, पंचनिर्णयसंबंधी

arbitrament आर्-बिट्र-मन्ट *n* 1 पंचनिर्णय करना, 2 पंचनिर्णय, पंचाट, विवाचन

arbitrary आर्बिट्ररि *a* 1 मनमाना, अपनी समझ या मर्ज़ी के अनुसार [an ~ choice], 2 नियम या कानून की परवाह न करने वाला, निरंकुश, तानाशाह-जैसा

arbitrate आर्बिट्रेट *vt* & *i* 1 का पंचनिर्णय करना, में मध्यस्थता करना [to ~ a dispute], 2 मध्यस्थता या पंचनिर्णय करवाना, 3 *vi* पंच या मध्यस्थ का काम करना

arbitration आर्-बिट्रेशन *n* 1 मध्यस्थता, विवाचन, पंच द्वारा सुनवाई, 2 पंचनिर्णय, पंचफैसला

arbitrator आर्बिट्रेटर *n* पंच, मध्यस्थ, निर्णायक

arbor^1 आर्बर *n* धुरा, धुरी

arbor^2 *n* (*bot*) वृक्ष

arboraceous आर्ब-रेशस *a* 1 पेड़-जैसा, 2 पेड़ों से भरा हुआ, वृक्ष संकुल

arboreal आर्बॉरियल *a* 1 वृक्ष का; वृक्षसंबंधी, 2 वृक्ष पर का [~ existence], 3 वृक्षों पर रहने वाला, वृक्षवासी [~ animal]

arboretum आर्बरीटम *n* (पेड़ और झाड़ियों के अध्ययनार्थ बनी) वृक्ष वाटिका

arboriculture आर्बरिकल्चर *n* पेड़ और झाड़ियां आदि लगाना, वृक्षरोपण

arbour आर्बर *n* कुंज, निकुंज, लतामण्डप

arc आर्क *n* 1 दायरे या वृत्त का भाग, वृत्तांश, चाप, 2 *electr* (बैटरी के दो विद्युद्वाही सिरों के बीच बिजली दौड़ने से बनने वाला प्रकाशमय) चाप, 3 ~-lamp चापदीप; ~-welding विद्युत्-चाप द्वारा झलाई

arcade आर्केड *n* 1 मेहराबदार छतवाला रास्ता, 2 (सैर करने की) छतदार सड़क (जिसकी एक या दोनों तरफ़ दुकानें हों), छतदार बाज़ार, 3 *archit* दीवार के साथ-साथ बनी तोरणपंक्ति, डाटपंक्ति

Arcadian *a* 1 ग्राम्य, देहाती, 2 सीधा-सादा, सरल-स्वभाव

arcane आर्केन *a* रहस्यमय, अज्ञात, दुर्बोध

arcanum आर्केनम *n* (usu in *pl* -a) छिपी हुई बात, रहस्य

arch^1 आर्च *n* 1 मेहराब, चाप, 2 (पुल, छत आदि को सहारा देने के लिए बनी मेहराबदार) डाट, 3 मेहराबी छत, गुंबद, 4 गुंबदाकार चीज़ [~ of the heavens], चापाकार या वक्र चीज़ [~ of the foot, eyebrows], 6 **archway** मेहराबदार द्वार, तोरण; मेहराबी छत वाला मार्ग

arch^2 *vt* & *i* 1 मेहराब की शक्ल का बनाना, मेहराबदार बनाना, 2 पर मेहराब अथवा गुंबद बनाना, 3 चापाकार या वक्र करना, 4 *vi* चापाकार या वक्र बनना

arch^3 *a* 1 तंग करने वाला, शरारती, नटखट, दुष्ट, 2 शरारतभरा [an ~ glance, smile]

arch^4 आर्च *pref* with the senses (i) chief (मुख्य, प्रधान, बड़ा) (ii) pre-eminent, esp extremely bad (महा, अत्यन्त दुष्ट)

archaeological आर्किय-लॉजिकल *a* पुरातत्त्व-संबंधी, पुरातत्त्वीय

archaeologist आर्कि-ऑलजिस्ट *n* पुरातत्ववेत्ता, पुरातत्त्वज्ञ, पुराविद्

archaeology आर्कियॉल-जि *n* (प्राचीन संस्कृति की खोज के लिए) प्रागैतिहासिक अवशेषों का अध्ययन, पुरातत्त्वविद्या, पुरातत्त्वशास्त्र, पुराविद्या, 2 industrial ~ पुराने औद्योगिक यन्त्रों का अध्ययन

archaic आर्केक *a* 1 आदिकालीन, प्राचीन, पुरातन, पुराना, 2 (of word etc) अप्रचलित

archaism आर्केइज़्म *n* 1 (शब्द का) प्राचीन प्रयोग, (in Skt) आर्षप्रयोग, 2 पुरातन कला आदि का अनुकरण या प्रयोग

archangel आर्केन्जल *n* प्रमुख देवदूत, बड़ा फरिश्ता

archbishop आर्च् बिशप *n* लाट पादरी

archdeacon *n* (चर्च आफ़ इंग्लैंड में) बिशप से छोटा पादरी

arch-enemy **आर्च्-ऍनिमि** *n* 1 प्रधान शत्रु, 2 शैतान

archer आर्चर *n* 1 धनुर्धारी, धनुर्धर, 2 A~ धनु या धनुष राशि; **archery** आर्चरि *n* धनुर्विद्या

archetype आर्किटाइप *n* 1 पहला नमूना (जिसके आधार पर वैसी और चीजें बनाई जाती हैं), **आद्यरूप** 2 आदर्श नमूना

arch-fiend आर्च्-फीन्ड *n* शैतान

archipelago आर्किपेॅलगो *n* 1 द्वीपसमूह, 2 समुद्र जिसमें अनेक द्वीप हों, द्वीपबहुल समुद्र

architect आर्किटेॅक्ट *n* 1 मकानों, कारखानों, जहाजों आदि के नक्शे बनाने वाला, वास्तुकार, स्थपति, 2 *fig* बनाने वाला, निर्माता, विधाता [Man is the ~ of his own fortune]

architectonic आर्कि-टेॅक्टोॅनिक *a* 1 वास्तुकला का, 2 वास्तुकला के सिद्धान्तों का, 3 रचनात्मक; **architectonics** *n* वास्तुकला

architectural *a* वास्तुकला का

architecture आर्किटेॅक्चर *n* 1 भवननिर्माणविद्या वास्तुकला, स्थापत्य, 2 भवन, इमारत, रचना, 3 भवननिर्माण की शैली, वास्तुशैली

architrave *n* (*archit*) स्तंभशीर्ष के ऊपर रखा जाने वाला शहतीर ; **द्वारसज्जा**

archive आर्काइव *n* (usu in *pl*) 1 सरकारी रिकार्ड (संधिपत्र, संविधान आदि) सुरक्षित रखने की जगह, अभिलेखागार, 2 (सुरक्षित रखे हुए) सरकारी अभिलेख

archivist आर्किविस्ट *n* अभिलेखागार का प्रबन्धक

archness *n* बचकाना शरारत, नटखटपन

arctic आर्क्टिक *a* & *n* उत्तरध्रुवसंबंधी, उत्तरध्रुवीय, A~ circle उत्तरध्रुववृत्त (i.e. 66° 33' उत्तर अक्षांश); *n* उत्तरध्रुवप्रदेश

Arcturus आर्क्ट्युरस *n* स्वाति नक्षत्र

arcuate *a* धनुषाकार, चापाकार

ardent आर्डन्ट *a* 1 उत्सुक, उत्साही, लगन वाला, जोशीला, सरगरम [an ~ patriot, reformer], 2 (of feelings) उग्र, प्रखर, प्रचण्ड, तीव्र, उत्कट, प्रबल

ardour आर्डर *n* 1 उत्साह, भावावेश, जोश [He spoke with ~], 2 तेज़ गर्मी

arduous आर्ड्युअस *a* 1 कठिन, मुश्किल, दुष्कर, दुस्साध्य [~ task], 2 मेहनत का, परिश्रम का, जोरदार, जबरदस्त [~ effort], 3 *arch* दुरारोह

area ऍअरियः *n* 1 क्षेत्रफल, 2 क्षेत्र, प्रदेश, इलाका, 3 (विशेष प्रयोजन के लिए) खुली जगह, मैदान [parking, picnic ~], 4 (विचार-विमर्श या अध्ययन आदि का) क्षेत्र, दायरा

areca ऐरिकः, अरीकः 1 सुपारी का पेड़, 2 ~ **nut** सुपारी, छालिया

arena अरीनः *n* 1 गोलाकार प्रेक्षागृह के मध्य का खुला मैदान जहां कुश्ती आदि प्रतियोगिताएं होती हैं, अखाड़ा, 2 *fig* युद्धस्थल, रणक्षेत्र [the ~ of the war], अखाड़ा [the political ~]; क्षेत्र [the ~ of an activity]

arenaceous ऐरिनेशस *a* 1 रेतीला, बालू-जैसा, बालुकामय, 2 (of plant) रेत में उगने वाला

areola अरीअ-लः *n* 1 छिद्र, दरार, अन्तराल, 2 *anat* रंगदार घेरा (वि० चूचुक या पुतली के आसपास की रंगदार गोल जगह)

argent आर्जन्ट *n* & *a* (esp *her*) चांदी, रजत; चांदी का रंग, *a* चाँदी के रंग का, रजतवर्ण

argentiferous *a* जिससे चांदी निकाली जा सके, रजतमय

argentine आर्जन्टाइन *a* चाँदी का, रजतमय; चाँदी-जैसा

argil आर्जिल *n* (वि० बर्तन बनाने की) चिकनी मिट्टी

argon आर्गोॅन *n* (*chem*) (वातावरण में पाया जाने वाला) गैसीय तत्व-विशेष, आर्गान

argot आर्गो *n* वर्ग-विशेष (चोरों आदि) की बोली

argue आर्ग्यू *vt* & *i* 1 पर तर्क करना, बहस करना [to ~ a case, matter, question, etc], 2 (तर्क देते हुए) दावा करना, दावे से कहना [he argued that he was innocent], 3 तर्क द्वारा राजी कर लेना या मना लेना या कायल करना [to ~ someone **into**, **out of**, doing something], 4 to ~ away (बात को) बहस में ही खत्म कर देना, तर्क करके पीछा छुड़ाना या टालना, 5 सूचित करना, प्रमाणित या सिद्ध करना [His action argues him to be a coward], 6 *vi* तर्क-वितर्क करना, वाद-विवाद करना, बहस करना, तकरार करना [to ~ **with** s.o.; to ~ **for, against, about,** sth]

argufy *vi* (*colloq*) बहुत बहस या विवाद करना

argument आर्ग्युमन्ट *n* 1 वाद-विवाद, तकरार, झगड़ा, 2 तर्क, दलील, युक्ति, 3 (ग्रन्थ की) संक्षिप्त विषयवस्तु, सारांश, 4 *math* कोणांक ; **~ation** *n* 1 तर्क का विधिवत् विस्तार, 2 बहस, शास्त्रार्थ, वाद-विवाद; **~ative** *a* 1 तर्कसम्मत, तार्किक, 2 तर्कप्रिय, विवादप्रिय, हुज्जती

Argus आर्गस *n* 1 (Gk *myth*) सौ आँखों वाला राक्षस (जिसे गाय बनी कन्या आइओ (Io) पर निगाह रखने के लिये नियुक्त किया गया था), 2 सदा चौकन्ना रहने वाला रखवाला. 3 **~-eyed** सतत जागरूक, चौकन्ना, सावधान; तीक्ष्णदृष्टि

argute आर्ग्यूट *a* 1 समझदार, कुशाग्रबुद्धि, चतुर, 2 (of sound) तीक्ष्ण, तीखा

arid ऐरिड *a* 1 सूखा हुआ, झुलसा हुआ, 2 जहां खेती न हो सके; बंजर, अनुर्वर, 3 *fig* अरोचक, नीरस, शुष्क

ariel ऍअरियल *n* (पश्चिम एशिया और अफ्रीका का) छोटा सुन्दर हिरन

Aries ऍअ-रीज़ *n* मेष राशि

aright अराइट *adv*=rightly; ठीक तरह से; ठीक

aril ऐरिल *n* (*bot*) (कुछ पौधों के) बीज का अतिरिक्त आवरण, बीजचोल

arise अराइज़ *vi* **1** जन्म लेना [A prophet arose], **2** पैदा होना, उत्पन्न होना, सामने आना [a new difficulty, problem, has arisen], **3** उठना, (वि० मृतक का) उठ खड़ा होना, **4** **to ~ from** परिणाम होना, पैदा होना [the obligations arising from this undertaking]

aristocracy ऐरिस् टॉ`क्रसि *n* **1** योग्यतम या गण्य-मान्य व्यक्तियों का शासन, अभिजाततन्त्र, **2** गण्य-मान्य व्यक्तियों द्वारा शासित देश, अभिजाततन्त्र, **3** अभिजात वर्ग, **4** (किसी विषय या क्षेत्र के) गण्य-मान्य व्यक्ति

aristocrat ऐरिस्ट-क्रैट *n* अभिजात या कुलीन व्यक्ति

aristocratic ऐरिस्ट-क्रैटिक *a* **1** अभिजाततंत्रीय, **2** अभिजातवर्गीय; अभिजात, सुरुचिसम्पन्न, **3** शानदार, भव्य, उत्कृष्ट

Aristotelian *a* & *n* **1** ग्रीक दार्शनिक अरस्तू (384-322 B.C.) का, **2** अरस्तू के ढंग का; *n* अरस्तू का शिष्य या अनुयायी

arithmetic अरिथ्म-टिक *n* **1** अंकगणित, गणित, हिसाब, **2** अंकगणित का ज्ञान, **3** गणना, गिनती

arithmetical अरिथमे`टिकल *a* **1** अंकगणितीय, **2** ~ progression समान्तर श्रेढ़ी (*e.g.* 1, 3, 5, 7...)

arithmetician अ`रिथमटिशन *n* अंकगणितज्ञ

ark आर्क *n* **1** पेटी, तिजोरी, बक्स, सन्दूक, **2** Noah's ~ (see Noah)

arm^{1} आर्म *n* **1** बाँह, भुजा, बाजू, (of shirt) आस्तीन, **2** **arm in arm** हाथ में हाथ डाले हुए, बांह में बांह डाले [The two friends were walking arm in arm]; **to keep someone at arm's length** दूर-दूर रखना, पास न फटकने देना, घनिष्ठता न होने देना, to welcome, receive, someone with open arms किसी का हार्दिक स्वागत करना, **3** *comb:* **fore-arm** कुहनी से कलाई तक का भाग, प्रकोष्ठ; **armchair** *n* (बाँहदार) आरामकुर्सी; **armchair** *a* (*fig*) कोरा सैद्धान्तिक, स्वयं कुछ न करने वाला [armchair critic, politician]; **arm-pit** बगल

arm^{2} *n* (usu in *pl*) **1** शस्त्र,अस्त्र, शस्त्रास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, हथियार, **2** **fire-arms** आग्नेय अस्त्र, पिस्तौल, बन्दूक, तोप आदि अस्त्र जिनसे गोलियाँ या गोले निकलते हैं) ; **small arms** छोटे आग्नेय अस्त्र (*e.g.* pistols, rifles, light machine-guns, etc) **arms race:** शस्त्रास्त्र (एकत्र करने) की होड़, **3** *idioms:* **to bear arms** (i) शस्त्रों से लैस या सुसज्जित होना; (ii) सैनिक बनना ; **To arms!** लड़ाई के लिए तैयार हो जाओ ! **in arms** हथियारों से लैस; **nation under arms** युद्ध के लिये तैयार राष्ट्र ; **to take up arms** लड़ाई शुरू करना ; **to lay down arms** हथियार डाल देना, लड़ाई बन्द करना; **to be up in arms (against)** के विरुद्ध विद्रोह करना; *fig* का कड़ा विरोध करना, **4** *pl* (*her*) (ढाल अथवा ध्वजा पर बना) कुलचिन्ह

arm^{3} *vt* **1** शस्त्रों से सुसज्जित करना, हथियारों से लैस करना [to ~ someone, oneself], **2** (किसी प्रकार की सामाग्री से) सुसज्जित करना [He is **armed** with facts and figures]

armada आर्माडः *n* जंगी (ज़हाजों का) बेड़ा

Armageddon आर्म-गे`डन *n* **1** वह स्थल जहाँ अन्तिम महायुद्ध होगा, महायुद्ध का मैदान, **2** निर्णायक महायुद्ध

armament आर्म-मन्ट *n* **1** (गोला-बारूद, तोप, विमान, पोत आदि) युद्ध सामग्री, **2** युद्ध के लिए अस्त्र शस्त्र आदि की तैयारी; शस्त्रीकरण, **3** युद्ध के लिए सुसज्जित सेना

armature आर्म-चर *n* **1** *biol* प्राणी या पौधे का रक्षक आवरण, खोल, **2** विद्युत्चुम्बक की शक्ति सुरक्षित रखने के लिए उसके ध्रुवों से मिला कर रखा हुआ लोहखड; आर्मेचर, **3** डायनेमो का विद्युत् केन्द्र, आर्मेचर, **4** *sculpt* वह ढाँचा जिस पर मिट्टी या मोम जमा कर मूर्ति बनाई जाती है

armed *a* **1** लैस, शस्त्रास्त्र से सुसज्जित, सशस्त्र; **armed to the teeth** पूर्णतया हथियारबन्द, **2** **armed forces** सेना के तीनों अंग (*i.e.* स्थल सेना, नौ सेना और वायु सेना), सेनाएं (N.B. In the expression सशस्त्र सेनाएं, सशस्त्र is redundant) ; **armed neutrality** सशस्त्र निष्पक्षता (अर्थात् लड़ने वाले दोनों देशों के प्रति निष्पक्षता किन्तु अपने पर आक्रमण होने पर अस्त्र -शस्त्र से मुकाबला करने को तैयार रहना)

armistice आर्मिस्टिस *n* **1** थोड़ी देर के लिये युद्ध बन्द करना, युद्धविराम, विराम संधि, **2** *fig* शत्रुता का अन्त, सुलह, **3** **Armistice Day** (now called Veterans' Day) युद्धविराम दिवस, 11 नवम्बर

armlet *n* **1** बाँह पर बाँधने की सजावटी पट्टी, बाजूबन्द, **2** संकरी खाड़ी; नदीशाखा

armorial आर्-मॉरियल *a* वंशपरम्परागत शस्त्रों से संबंधित, कुलचिन्हसंबंधी

armory आर्मरि *n* (यूरोपीय नरेशों की) वंशपरम्परागत ध्वजाओं और उनके प्रयोग की विद्या

armour^{1} आर्मर *n* **1** कवच, बक्तर, **2** (पशु की) कड़ी खाल, (पेड़ की) छाल, **3** गोताखोर का सूट, **4** *her* कुलचिन्ह, **5** बक्तरबंद गाड़ियाँ और टैंक आदि, **6** ~ **(-plate)** बक्तर बनाने की इस्पाती चद्दर

armour^{2} *vt* कवचयुक्त करना, बक्तरबन्द करना

armoured *a* **1** कवचयुक्त, कवचधारी, **2** बक्तरबन्द [~ **car, train**], **3** *mil:* ~ **division** बक्तरबन्द (गाड़ियों और टैंकों से लैस) डिवीज़न

armourer *n* **1** शस्त्रनिर्माता, **2** बक्तरनिर्माता, **3** शस्त्रागार का अध्यक्ष

armoury आर्मरि *n* **1** शस्त्रागार, हथियार घर, **2** शस्त्रास्त्रसमूह, शस्त्रभंडार

army आर्मि *n* 1 सेना, सैन्य, फ़ौज; स्थलसेना, 2 the army सेना की नौकरी, to join the ~ सेना में भरती होना, 3 army headquarters स्थलसेना का मुख्यालय, 4 विशाल समुदाय, भीड़, बहुत बड़ी संख्या [an ~ of workers]

aroma अरोम: *n* सुगन्ध, सुवास, सौरभ, खुश्बू, महक

aromatic ऐर-मैटिक *a* & *n* खुश्बूदार, सुगन्धित; *n* सुगन्धित पौधा या द्रव्य

around अराउन्ड *adv* & *prep* 1 चारों ओर, इर्द-गिर्द [the crowd gathered ~], 2 सब तरफ़ [He owns the land for miles ~], 3 *colloq* यहीं-कहीं, पास ही [I'll be ~ if you need me], 4 **to have been around** दुनियाँ का अनुभव प्राप्त किया होना; *prep* के आस-पास या इर्द-गिर्द [the villages ~ Delhi], (U.S.) के लगभग [~ 9 O'clock]

arousal अराउज़ल *n* जागरण, उद्‌बोधन

arouse अराउज़ *vt* 1 जगाना, उठाना, 2 उकसाना, भड़काना; जोश दिलाना, सचेष्ट करना, 3 पैदा करना [His movements aroused suspicion]

arrack ऐरक *n* ताड़ी

arraign अरेन *vt* 1 (किसी पर अदालत में) अभियोग लगाना, आरोप लगाना, 2 दोष लगाना, इलज़ाम लगाना, 3 (कार्यवाही या बयान पर) आपत्ति करना, आक्षेप करना; **~ment** *n* 1 दोषारोपण, अभियोग, 2 आक्षेप, आपत्ति

arrange अरेंज *vt* & *i* 1 क्रमबद्ध करना, ठिकाने से रखना, सजाना, 2 (झगड़ा) निपटाना, 3 (नाटक आदि को) प्रसारण के लिए रूपान्तरित करना, 4 पहले से तय कर लेना, करवाना [to ~ a marriage; to ~a meeting], 5 *vi* प्रबन्ध करना, इन्तज़ाम करना, तैयारी करना; I have arranged **for** (your) conveyance मैंने (तुम्हारे लिये) सवारी का प्रबन्ध कर दिया है, 6 (किसी के साथ, किसी विषय में) समझौता करना [to ~ **with s.o., about** sth]

arrangement *n* 1 क्रम, विन्यास, तरतीब, 2 (झगड़े का) निपटारा, 3 समझौता [to come to an ~ with s.o.], 4 *pl* प्रबन्ध, व्यवस्था, आयोजन, तैयारी [to make ~s for sth]

arrant ऐरन्ट *a* 1 पूरा-पूरा, पक्का [~ fool, rogue, etc], 2 सरासर, बिल्कुल, एकदम, नितान्त [~ nonsense]

array^1 अरे *vt* 1 क्रम से रखना, 2 सैन्यविन्यास करना, व्यूह रचना, 3 सुन्दर पोशाक पहनाना, सजाना, विभूषित करना, 4 *law* (ज्यूरी की) सूची में नाम लिखना

array^2 *n* 1 क्रम, विन्यास, **in battle array** व्यूह बना कर [The armies of Kauravas and Pandavas were drawn up in battle ~], 2 (वस्तुओं या व्यक्तियों आदि की) अद्‌भुत श्रृङ्खला, शानदार सिलसिला [an ~ of facts, arguments, etc], 3 *poet* वेश, पोशाक, परिधान, वेश-भूषा, 4 *law* (ज्यूरी की) सूची में नामों का क्रम

arrear अरियर *n* (in *pl*) 1 बकाया ऋण या काम आदि, बचा हुआ या शेष भाग [~s of work, rent, etc], 2 he is in ~s (i) उसके जिम्मे रकम बकाया है, (ii) वह काम में पिछड़ा हुआ है; उसका काम बकाया है

arrearage *n* 1 बकाया रकम, 2 पिछड़ापन

arrest^1 अरेॅस्ट *vt* 1 पकड़ना, गिरफ़्तार करना, बंदी बनाना, 2 रोकना [to ~ the motion, progress, growth, etc], 3 to ~ the attention ध्यान आकर्षित करना या किये रहना, 4 (*law*) **to ~ judgement** फ़ैसला सुनाने के बाद उस पर अमल रोक देना (इस विचार से कि फ़ैसले में कोई गलती हुई है)

arrest^2 *n* 1 गिरफ़्तारी, हिरासत, बन्दीकरण, बन्दी बनाना, बन्दी होना; under ~ गिरफ़्तार, हिरासत में, 2 रोक, अवरोध, 3 ~ of judgement (see prec 4)

arresting *a* 1 ध्यानाकर्षक, आकर्षक, मोहक [~ smile], 2 रोचक, दिलचस्प

arriere-pensee ऐरिऐर-पाँसे *n* गुप्त विचार या उद्देश्य

arris ऐरिस *n* (*archit*) (दो सतहों के मिलने से बनी) तीखी नोक या कोर, उत्कोण

arrival अराइवल *n* 1 पहुंच, आगमन, 2 वस्तु या व्यक्ति जो अभी पहुंचा हो, (of person) आगन्तुक, 3 (new) arrival (*colloq*) नवजात शिशु

arrive अराइव *vi* 1 पहुंचना, आ पहुंचना, आना [to ~ **at** the railway station; to ~ **in** Delhi, India, etc], 2 **to ~ at the conclusion** परिणाम पर पहुँचना, निष्कर्ष या नतीजा निकालना, 3 (of person) नाम कमाना, प्रतिष्ठा पाना, 4 *colloq* (of child) जन्म लेना, पैदा होना

arrogance ऐर-गंस *n* 1 अभिमान, अहंकार, 2 उद्दण्डता, गुस्ताख़ी, हेकड़ी

arrogant ऐर-गन्ट *a* 1 अपने आपको बहुत समझने वाला, धौंस या रोब जमाने वाला, अभिमानी, घमंडी, 2 उद्दण्ड, उद्धत, धृष्ट, गुस्ताख़, हेकड़

arrogate ऐर-गेट *vt* 1 किसी वस्तु पर बेजा दावा करना, (वस्तु) हथिया लेना, अधिकार न रहते हुए ले लेना [the chairman arrogated to himself the functions of the secretary], 2 अनुचित रूप से देना या सौंपना या थोपना [to ~ sth to s.o.]

arrogation *n* 1 बेजा दावा, 2 अनधिकार ग्रहण; अनधिकार चेष्टा

arrow ऐरो *n* 1 बाण, तीर, 2 बाण के आकार का चिन्ह (जो दिशा सूचित करता है), बाणचिन्ह, 3 **~head** बाण का सिरा, बाणाग्र; **~root** एक पौधा जिससे निशास्ता निकाला जाता है, अरारोट

arsenal आर्सनल *n* 1 हथियार और गोला-बारूद बनाने का सरकारी कारखाना, शस्त्रशाला, 2 शस्त्रास्त्र रखने की जगह, शस्त्रागार

arsenic^1 आर्स्निक *n* संखिया

arsenic^2 आर्सेॅनिक *a* संखिया का; संखियायुक्त, संखियामिश्रित

arsenical आर्सेॅनिकल *a* & *n* संखियामिश्रित (औषध)

arson आर्सन *n* (शरारत से मकान को) आग लगाना, आगज़नी

arsonist आर्सनिस्ट *n* आग लगाने वाला

art आर्ट *n* 1 कला, कला-कौशल, शिल्प, कारीगरी, हुनर [Painting is an ~], 2 चातुर्य, कौशल, कला [the ~ of conversation], 3 कला (की वस्तुएं); चित्र, मूर्त्तियाँ आदि [a museum of ~], 4 चालाकी, छल, कपट, दाँव-पेच [the ~s and wiles of politics], 5 *pl* **arts** (बुद्धि का विकास करने वाली) विज्ञानेतर उच्चशिक्षा, विज्ञानेतर विषय [a college of Arts & Sciences], 6 **arts & crafts** (सज्जा-)कला और दस्तकारी, 7 **to be art and part** in sth किसी काम में हाथ होना, शरीक होना

artefact, arti- आर्टिफ़ैक्ट *n* मानवीय कलाकृति

artel आर्टेॅल *n* कारीगरों का संघ, शिल्पीसंघ

arterial आर्टिअ-रियल *a* धमनी का; धमनी-संबंधी

arteriosclerosis आर्टियरियोस्क्लिअरोसिस *n* (वि० बुढ़ापे में) धमनियों की दीवारों का मोटा और कड़ा हो जाना, धमनीकाठिन्य

artery आर्टरि *n* दिल से शरीर के अन्य भागों में रक्त पहुंचाने वाली नाड़ी, धमनी (cf. vein)

artesian well आर्टीज़ियन वेॅल *n* ऐसा कुआं जिस में चश्मे की तरह पानी फूटता रहता है, उत्स्रुत कूप, आर्टीज़ियन कूप

artful *a* 1 (of person) चालाक, मक्कार, धूर्त, कपटी, धोखेबाज़, 2 (of act) चालाकी का, छलपूर्ण

arthritis आर्थ्राइटिस *n* जोड़ों की सूजन, गठिया

arthropod आर्थ्रोपॉड *n* (मकड़ी आदि) जीव जिन की टांगों में कई जोड़ होते हैं, सन्धिपाद (प्राणी)

artichoke आर्टिचोक *n* हाथीचक

article^1 आर्टिकल *n* 1 लेख, leading ~ अग्रलेख, संपादकीय, 2 (of treaty, contract, law, etc) अनुच्छेद, धारा, दफ़ा, 3 *pl* नियम, **Articles of Association** संस्था के नियम; ज्वाइंट-स्टाक कंपनियों की नियमावली; articles of apprenticeship शागिर्दी की शर्तें, शिशिक्षुता के नियम, 4 वस्तु, पदार्थ, चीज़ [~ of clothing], 5 अंश, तत्त्व; **~ of faith** विश्वास का मूल तत्त्व, 6 (*gram*) definite article=the; indefinite article=a; an

article^2 *vt* शागिर्दी की शर्तों से बांधना [to ~ an apprentice]; to ~ s.o. to an architect etc किसी को वास्तुकार के यहां शागिर्द रखवाना

articulate^1 आर्टिक्युलिट *a* 1 संधियुक्त, 2 जिसके अवयवों का परस्पर-संबंध स्पष्ट हो; ठीक तरह से जुड़ा हुआ, सुसंबद्ध, 3 **~ speech** ऐसी बोली जिसमें शब्दों का परस्पर-संबंध स्पष्ट हो, स्पष्ट बोली, समझ में आने वाली बोली, 4 (of person) स्पष्ट बोलने वाला

articulate^2 आर्टिक्युलेट *vt* & *i* 1 (usu *pass*) अवयवों को जोड़ना, जोड़ों के द्वारा मिलाना, जोड़बन्दी करना; articulated lorry etc लारी जिस के विभिन्न खंड आसानी से मुड़ सकें, 2 अवयवों को स्पष्ट करना, 3 शब्दों को अलग-अलग करना, स्पष्ट उच्चारण करना; साफ़-साफ़ बोलना [He doesn't ~ his words], 4 *vi* साफ़-साफ़ बोलना, 5 ठीक तरह से जुड़ना [to ~ with sth]

articulation *n* 1 जोड़बन्दी (करना), संधियोजन; जोड़बन्दी का तरीका, 2 जोड़, सन्धि, सन्धिस्थल, 3 स्पष्ट उच्चारण, स्फुट उच्चारण

artifice आर्टिफ़िस *n* 1 चालाकी, दाँव-पेच, छल-कपट, धोखा, 2 कौशल, दक्षता, चतुराई, 3 युक्ति, तदवीर, उपाय

artificer *n* 1 शिल्पी, शिल्पकार, कारीगर, 2 आविष्कर्ता

artificial आर्टिफ़िशल *a* 1 कृत्रिम, बनावटी [~ limbs, teeth, satellites], 2 नकली, झूठा [~ flowers], 3 अस्वाभाविक, दिखावटी [~ tears, smile]

artificiality आर्टिफ़िशिऐलिटि *n* 1 कृत्रिमता, 2 अस्वाभाविकता, बनावटीपन, दिखावटीपन

artillery आर्टिलरि *n* 1 तोपें, 2 सेना का विभाग जो तोपों से लड़ता है, तोपखाना, 3 तोपों के प्रयोग का विज्ञान, तोपविज्ञान

artisan आर्टिज़ैन *n* शिल्पी, शिल्पकार, कारीगर, दस्तकार

artist आर्टिस्ट *n* 1 ललितकलाविद्, कलाकार (वि० चित्रकार), 2 अपने काम को कला की कोटि तक पहुंचाने वाला, artist in words शब्दों के सुन्दर प्रयोग में कुशल, 3=artiste

artiste आर्टीस्ट *n* व्यवसायी कलाकार, वि० गायक या नर्तक

artistic *a* 1 कलासंबंधी, 2 कलात्मक, कलापूर्ण, सुन्दर, 3 कुशल, कारीगर, 4 कलामर्मज्ञ, कलाविद्, कलाप्रेमी

artistry आर्टिस्ट्रि *n* कला, कारीगरी; कलात्मकता, सौन्दर्य

artless *a* 1 जो बनावटी न हो, अकृत्रिम; स्वाभाविक, नैसर्गिक [~ beauty], 2 भोला-भाला, सीधा-सादा, निष्कपट, 3 अनाड़ी, अकुशल, फूहड़, 4 भोंडा, भद्दा

Aryan एॅअरियन *a* & *n* 1 *arch*=**Indo-European** q.v., 2=**Indo-Iranian** q.v.; *a* आर्य; *n* आर्य जाति; आर्यभाषाएं

as *adv, conj & rel pron* I *adv*, **as...as** इतना··· जितना कि [I ran as fast as I could]; Come as soon as possible जितनी जल्दी हो सके, आ जाओ; I know that as well as you मैं इस बात को इतनी अच्छी तरह जानता हूं जितनी कि तुम; II *rel adv or conj* It is not so (*or* as) easy as you think यह इतना आसान नहीं है जितना कि तुम समझते हो; Do as you like जैसे चाहो, करो; **as** के समान, के रूप में [I consider him as a friend, brother, etc]; **as** जब, जब कि, ज्यों ही [He came running up to me as I was leaving the hostel]; **as** चूंकि [as I didn't know him, I asked his name]; **as if** मानों, गोया कि [He speaks as if he were the boss], III *rel pron* वही [I had the same trouble as you], IV *special phrs:* **as regards** के बारे में, के विषय में, As regards accommodation, I have arranged for two rooms जहां तक जगह का सवाल है, मैंने दो कमरों का प्रबन्ध कर लिया है; **as to; as for** के विषय में [He said nothing as to when he would come. As for you, I admire you]; I thought as much मेरा भी यही ख्याल था, V *phrs in* (as)... **as**; brave as a lion सिंह की तरह दिलेर; busy as a bee मधुमक्खी की तरह व्यस्त; sharp as a needle सुई की तरह तीखा; stubborn as a mule टट्टू की तरह अड़ियल, sure as fate भाग्य की तरह निश्चित, नियति की भांति नियत

asafoetida ऐस-फ़ेटिड: *n* हींग

asbestine ऐज़्बे`स्टाइन *a* (f. foll) ऐस्बेस्टस का, ऐस्बेस्टस-जैसा

asbestos ऐज़्बे`स्टस *n* 1 न जलने वाला खनिज-विशेष (जिसकी) चद्दरें आदि बनाई जाती हैं, ऐस्बेस्टस, 2 **~-sheet** ऐस्बेस्टस की चद्दर

ascend असें`न्ड *vi & t* 1 ऊपर की ओर जाना, उठना, चढ़ना, 2 ऊंचा होना, उन्नत होना, उन्नति करना, 3 (of sound) ऊंचा होना, तीव्र होना, 4 अतीत की ओर जाना, 5 *vt* चढ़ना, आरोहण करना [to ~ a hill]; **to ~ the throne** गद्दी पर बैठना, सिंहासनारूढ़ होना; to ~ a river नदी के उद्गम की ओर जाना

ascendancy, -ency असें`न्डंसि *n* 1 प्रभुता, प्रभुत्व [~ over s.o.], 2 (of nation etc) आधिपत्य [to rise to ~]

ascendant *a & n* 1 उदीयमान, चढ़ता हुआ, उठता हुआ, 2 प्रबल, अत्यन्त प्रभावशाली, सर्वाधिक, सर्वोच्च; *n* 1 *astrol* (किसी के जन्म आदि के समय) क्षितिज से ऊपर उठती हुई राशि, 2 **in the ~** सब से ऊंचा, सर्वोच्च, अत्यन्त प्रभावशाली, (pop) जिसके धन-धान्य, प्रभाव आदि की वृद्धि हो रही हो; फूलता-फलता, 3 पूर्वज (opp. descendant)

ascending *a* 1 ऊंचाई की ओर जाता हुआ, चढ़ाई का [~ path], 2 *math* आरोही, **~ order** आरोही क्रम

ascension असें`न्शन *n* 1 आरोहण, चढ़ना, 2 **A~** ईसा का सशरीर स्वर्गारोहण

ascent असें`न्ट *n* 1 आरोहण, चढ़ना, 2 उत्थान, उन्नति, 3 ऊपर जाने का रास्ता; सीढ़ी, ज़ीना, 4 चढ़ाई

ascertain ऐसर्-टेन *vt* (असन्दिग्ध रूप से) पता लगाना [to ~ a fact]; निश्चित रूप से जानना [it is difficult to ~ whether...]; **~ment** *n* अभिनिश्चयन

ascetic असें`टिक *a & n* 1 सादा, सादगीपसन्द, सरलताप्रिय, 2 तपस्वियों-जैसा; *n* तपस्वी, संयमी, यति; संन्यासी, वैरागी; **~ism** *n* 1 तपस्या, संयम, 2 वैराग्य, संन्यास

ascorbic अस्कॉर्बिक *a*. ~ acid विटामिन 'सी'

ascribable *a* (f foll)

ascribe अस्क्राइब *vt* 1 (ग्रन्थ, लेख आदि को) किसी की कृति मानना, (कोई काम) किसी का किया हुआ समझना, का मानना [to ~ **to** s.o.], 2 (दोष आदि) मत्थे मढ़ना, सिर मढ़ना, पर थोपना, या लगाना, कारण मानना [he ~d his defeat **to** bad luck]

ascription अस्क्रिप्शन *n* 1 (see prec), 2 (प्रवचन के अन्त में पादरी द्वारा) ईश्वर की स्तुति, स्तुतिवचन

ASEAN *abbr* Association of South-East Asian Nations (*viz* Indonesia, Malaysia, the Philippines, Singpore & Thailand) दक्षिण-पूर्व एशियाई (देशों का) संघ, आसियान

aseity एसीइटि *n* (*metaphys*) अपने आप पैदा होना, स्वयंभूति

aseptic असें`प्टिक *a* 1 पूतिरहित. पीपरहित, 2 (of wound, instrument, dressing) जीवाणु-रहित

asexual *a* (*biol*) 1 अलिङ्ग, लिंगरहित, 2 (of reproduction) अलैंगिक

ash¹ ऐश *n* 1 एक जंगली वृक्ष जिसकी छाल का रंग राख-जैसा होता है, 2 इसकी लकड़ी

ash² *n* (freq *pl*) 1 भस्म, राख [cigar ~]; to reduce sth **to** ashes, to **lay** sth **in** ashes जला कर राख कर देना, भस्मसात् करना, 2 *pl* (चिता की) भस्म, अस्थि-अवशेष, अस्थियां, फूल, 3 (cricket) टेस्ट मैचों की शृंखला के विजेता को मिलने वाली काल्पनिक ट्राफ़ी; टेस्ट-शृंखला में जीत, 4 **ash-tray** (सिगरेट के लिए) राखदानी

ashamed *pred a* 1 लज्जित, शरमिन्दा [I am ~ of having ill-treated him, ~ **that** I ill-treated him], 2 I am ~ **for** you मैं तुम्हारी करतूत पर लज्जित हूं, 3 I am ~ **to** say that... मुझे कहते लज्जा आती है कि...

ashen ऐशन *a* 1 भस्मवर्ण, धूसर, 2 (of face) विवर्ण, पीला

ashlar ऐश्लर *n* 1 चौकोर पत्थर, 2 ऐसे पत्थरों की चिनाई

ashore अशॉर *adv* तट पर, तट की ओर

ashy *a* **1**=ashen, **2** राख से ढका हुआ, भस्मलिप्त

Asiad एशियैड *n* एशियाई खेल-समारोह

Asian एशन *a* & *n* एशिया का, एशियाई; *n* एशिया-निवासी, एशियाई

Asiatic एशिऐटिक = Asian (the preferred wd)

aside असाइड *adv* **1** एक ओर, एक तरफ़ [to stand ~], **2** दूर, परे, अलग [I took him ~]; to speak ~ अलग हट कर कहना ; *n* अलग हट कर कहे हुए शब्द; *theatr* अपवारित, जनान्तिक [in an ~]

asinine ऐसिनाइन *a* **1** गधों का [~ race], **2** मूर्ख; मूर्खतापूर्ण

ask *vt* & *i* **1** पूछना [I asked (him) a question; I asked a question of him]; **if you ask me** *colloq* यदि मुझसे पूछो, मेरी राय में तो, **2** कहना, प्रार्थना करना [Ask him to do it]; आदेश देना, **3** मांगना [to ~ a favour of s.o.; to ~ s.o. a favour], **4** निमन्त्रण देना [I ~ed him to dinner], **5** *vi* मांगना [to ~ **for** sth]; से मिलना चाहना, पूछना, बुलाना [someone is ~ing for you]; to ~ for trouble मुसीबत मोल लेना

askance, -ant अस्कैंस, अस्कैंट *adv* **1** तिरछी निगाह से, **2** शङ्का की दृष्टि से [He looked ~ at my offer]

askew *adv* & *pred a* **1** तिरछेपन से, तिरछा [to wear one's hat ~], **2 to look askew** कनखियों से देखना

aslant अस्लान्ट *adv* & *prep* तिरछा, आड़ा; *prep* (तिरछेपन से) आर-पार

asleep *adv* & *pred a* **1** सोया हुआ; **to fall, drop, asleep** सो जाना; *adj* **1** सोया हुआ, सुप्त, **2** (of limb) सुन्न, निश्चेष्ट, सोया हुआ [My foot is ~]

aslope अस्लोप *adv* & *pred a* ढालू, तिरछा

asp ऐस्प *n* (उत्तरी अफ्रीका और अरब का) छोटा विषैला सांप

asparagus अस्पैर-गस *n* पौधा-विशेष, शतावर, शतावरी

aspect ऐस्पेक्ट *n* **1** दृष्टिकोण, **2** दिशा-विशेष में मुख होना [My house has a northern ~], अभिमुखता, **3** वस्तु की वह तरफ़ जो देखने वाले के सामने हो; तरफ़, पहलू, **4** (of question etc) अंग, पक्ष, पहलू [I have considered the problem in all its ~s], **5** रूप, आकृति, आकार [the physical ~ of the country], **6** मुखाकृति, मुद्रा, **7** *astrol* ग्रहों की स्थिति या दशा

aspen ऐस्पन *n* एक प्रकार का पहाड़ी पीपल (poplar) जिसके पत्ते हिलते रहते हैं

asperity ऐस्पे`रिटि *n* **1** खुरदरापन; खुरदरी चीज़, **2** फुंसी-फोड़ा, उभार, उठान, **3** (स्वभाव या आवाज़ की) कर्कशता, तीखापन, रूखापन

asperse ऐस्पर्स *vt* **1** झूठा दोष लगाना, लांछन लगाना, बदनाम करना [to ~ s.o.; to ~ someone's good name]

aspersion अस्पर्शन *n* लांछन, कलङ्क, तोहमत [**to cast ~s on s.o.**]

asphalt ऐस्फ़ैल्ट *n* & *vt* **1** तारकोल, **2** तारकोल, रोड़ी और रेत का मिश्रण (जो सड़कों पर बिछाया जाता है), डामर; *vt* (सड़क पर) डामर बिछाना

asphyxia ऐस्-फ़िक्सियः *n* (सांस रुकने से रक्त में आक्सीजन की कमी के कारण) बेहोशी, मूर्च्छा; दम घुटना, श्वासावरोध [People who burn coal in closed rooms are liable to suffer from ~]

asphyxiate ऐस्-फ़िक्सिएट *vt* & *i* **1** श्वासावरोध करना, दम घोटना, **2** दम घोट कर बेहोश करना या मार देना, **3** *vi* दम घुटना; दम घुटने से बेहोश होना या मरना; **asphyxiation** *n* श्वासावरोध

aspirant अस्पायरन्ट *a* & *n* **1** अभिलाषी, इच्छुक [~ **to, after, for,** sth]; **2** *n* उम्मीदवार

aspirate^{1} ऐस्प-रिट *a* & *n* **1** (व्यंजन) जिसके उच्चारण में ह् की ध्वनि आती है, महाप्राण (*e.g.* ख, घ, थ, ध etc), **2** ह् की ध्वनि

aspirate^{2} ऐस्प-रेट *vt* **1** ह्-ध्वनि के साथ उच्चारण करना, **2** (बर्तन आदि से) गैस को निकालना

aspiration ऐस्पि-रेशन *n* **1** सांस लेना, श्वसन, **2** इच्छा, उत्कट अभिलाषा, महत्त्वाकांक्षा, उच्चाकांक्षा [~ **for, to, after,** sth]

aspirator *n* **1** नली के द्वारा हवा या गैस निकालने का उपकरण; शरीर से द्रव (वि० फोड़े से पीप) निकालने का यन्त्र, चूषित्र, चूषणी

aspire अस्पाइअर *vi* **1** चाहना, अभिलाषा करना, कामना करना [to ~ **to, after,** sth; to ~ **to** do, be, sth], **2** *fig* ऊंचा उठना

aspirin ऐस्परिन *n* दर्द और बुखार की दवा-विशेष, ऐस्परिन

asquint अस्क्विन्ट *adv* & *pred a*.to look ~ (i) कनखियों से देखना, (ii) भेंगेपन से देखना

ass ऐस *n* **1** गधा, गर्दभ, **2** *fig* मूर्ख, **to make an ass of oneself** (*or* s.o.) मूर्ख बनना या किसी को मूर्ख बनाना; उल्लू बनना या बनाना, **3 Asses' bridge** ज्यामिति का एक प्रमेय

assail असेल *vt* **1** आक्रमण करना, हमला करना; धावा करना, चढ़ाई करना, **2** वार करना, प्रहार करना, **3** *fig* आक्षेप करना, चोट करना, आघात करना, **4** (काम पर) डट जाना, पिल पड़ना, (काम में) जुट जाना [to ~ a task], **5** अभिभूत करना, घेर लेना [His mind was assailed by doubts]; to ~ someone with questions etc किसी पर प्रश्नों

की बौछार करना; ~**able** *a* 1 जिस पर आक्रमण किया जा सके, आक्रमणीय, 2 जिस पर आपत्ति की जा सके, **आपत्तियोग्य**

assailant असेलंट *n* 1 हमला करने वाला, आक्रमणकारी, 2 वार करने वाला

assassin असैसिन *n* धोखे से हत्या करने वाला, हत्यारा, कातिल

assassinate असैसिनेट *vt* (धोखे से) मारना, हत्या करना

assassination असैसि-नेशन *n* हत्या, वध, कतल

assault^1 असॉल्ट *n* 1 आक्रमण, हमला, धावा, चढ़ाई; **to carry by** ~ हमला करके (किले पर) कब्ज़ा कर लेना, 2 प्रहार, मार-पीट, 3 *fig* आक्षेप, कटाक्ष, चोट, 4 *euphem* बलात्कार

assault^2 *vt* 1 आक्रमण करना, हमला करना; धावा करना, चढ़ाई करना [to ~ a fortress], 2 प्रहार करना, मार-पीट करना, 3 आक्षेप या कटाक्ष करना, 4 बलात्कार करना [to ~ a woman]

assay^1 अ-से *n* 1 सोने-चांदी की (शुद्धता की) परीक्षा, जांच, परख, 2 *chem* पदार्थ के तत्त्वों का पता लगाना, विश्लेषण

assay^2 *vt* 1 (धातु को) कसौटी पर कसना, परखना, 2 *chem* विश्लेषण करना

assemblage *n* 1 एकत्रीकरण, संचयन, 2 जनसमुदाय, जमघट, भीड़, जमाव, 3 (वस्तुओं का) समवाय, समूह, संग्रह, 4 (यंत्र आदि के) हिस्सों को जोड़ना, संयोजन, 5 हिस्से जोड़ कर बनाई गई चीज़

assemble अ-सेॅम्बल *vt & i* 1 इकट्ठा करना, एकत्र करना, जमा करना [to ~ one's supporters], 2 (यन्त्र आदि के) हिस्से या पुर्ज़े जोड़ना; पुर्ज़े जोड़ कर (यन्त्र) बनाना [to ~ a machine], 3 *vi* एकत्र या इकट्ठे होना

assembly अ-सेॅम्ब्लि *n* 1 एकत्र करना या होना, भीड़, समुदाय, 2 सभा, सम्मेलन, 3 विधानसभा, 4 (मशीन का) संयोजन, ~ **line** हिस्सों को जोड़कर मशीन आदि बनाने का स्थान, संयोजनशाला, 5 ~ **rooms** नृत्यशाला

assent^1 असेॅन्ट *vi* 1 (प्रस्ताव, विधेयक आदि की) स्वीकृति देना, मंज़ूरी देना, 2 (विचार, कथन आदि से) सहमति व्यक्त करना, हां करना [to ~ to an opinion, a statement]

assent^2 *n* 1 स्वीकृति, अनुमति [A bill, passed by Parliament, becomes law only after the President gives ~ to it], 2 सहमति, हाँ

assentient असेॅन्शियन्ट *a & n* हां करने वाला (व्यक्ति), सहमत (व्यक्ति)

assentor *n* (वि० ब्रिटिश संसद् के उम्मीदवार का) समर्थक

assert असर्ट *vt* 1 (अधिकार) जताना, (अधिकार की) रक्षा करना [to ~ one's rights etc], 2 **to ~ oneself** (i) अपना अधिकार जताना, अपना अधिकार बरतना (ii) अपनी बात मनवाना, 3 ज़ोर दे कर कहना, दावे से कहना, दावा करना [to ~ one's innocence]; दृढ़ता या विश्वास से कहना [to ~ that . . .]

assertion असर्शन *n* 1 अपने अधिकार का दावा, अधिकार की रक्षा [~ of one's right], 2 (अपने मत पर) जमे रहना [~ of one's opinion], 3 अभिकथन, दृढ़कथन, दावा

assertive असर्टिव *a* 1 अपने अधिकार या मत पर जमे रहने वाला, आग्रही, हठधर्मी, 2 (of tone etc) अधिकारसूचक, रोबदार

assess असेॅस *vt* 1 (कर, जुर्माना) निर्धारित करना, 2 (कर लगाने के लिये जायदाद का) मूल्य आंकना [to ~ a property], 3 कर या जुर्माना (निर्धारित करना) और लगाना [to ~ s.o. **at** so much], 4 आंकना, कूतना, अनुमान लगाना [to ~ the damages]; जायज़ा लेना [to ~ the situation]; ~**able** *a* (of property etc) जिस पर कर लगाया जा सके, करयोग्य

assessee असेॅसी *n* व्यक्ति जिस पर कर लगाया जाये, करदाता, करनिर्धारिती

assessment *n* 1 करनिर्धारण, 2 (जायदाद का) मूल्यांकन, 3 कर की राशि, 4 *fig* अनुमान, अन्दाज़ा, जायज़ा [~ of the situation]

assessor असेॅसर *n* 1 करनिर्धारक, 2 (करनिर्धारण के लिए) संपत्ति का मूल्यांकन करने वाला, मूल्यनिर्धारक, 3 (जज आदि का) सहायक एवं सलाहकार, परामर्शदाता, असेसर

asset ऐसेॅट *n* 1 उपयोगी गुण या वस्तु, बड़े काम की चीज़ या व्यक्ति [organizational ability is an ~; He is an ~ to the institution], 2 पूंजी, जायदाद, संपत्ति, माल-मत्ता, 3 *pl* ऋणी (वि० दिवालिये) का ऋण चुकाने के काम आने वाली सारी संपत्ति, परिसंपत्ति; **assets and liabilities** (see liability 3)

asseverate असेॅव-रेट *vt* शपथपूर्वक कहना, दृढ़ता से कहना

asseveration *n* शपथपूर्वक कथन, दृढ़कथन

assiduity ऐसिड्युइटि *n* निरन्तर श्रम, अध्यवसाय, लगन

assiduous असिड्युअस *a* 1 लगन वाला, जुट कर काम करने वाला, परिश्रमी, अध्यवसायी, 2 मेहनत का, अध्यवसायपूर्ण, निरन्तर [~ reading, work]; ~**ly** *adv* बड़ी लगन से, बड़े परिश्रम से

assign^1 असाइन *vt* 1 (हिस्सा) देना, बांट देना, 2 (जायदाद किसी के) नाम करना [He ~ed all his property to his youngest son], 3 (काम आदि) सौंपना [to ~ a task to s.o.], 4 (स्थान या समय) नियत करना [to ~ a place, date, for a meeting], 5 निर्दिष्ट करना [to ~ an object to a certain use], 6 (घटना की) तारीख़ या काल निर्धारित करना, 7 (कारण) बताना [to ~ a reason for sth]

assign^{2} *n* व्यक्ति जिसे जायदाद या अधिकार क़ानूनी तौर पर सौंपा जाय, अर्पिती, अभ्यर्पिती

assignation ऐसिग्-नेशन *n* 1 हिस्सा देना, भाग का समर्पण, 2 कानूनी तौर पर सौंपना, अभ्यर्पण, हस्तान्तरण, 3 (स्थान या समय) नियत करना, 4 (कारण का) निर्धारण

assignee **असाइनी** *n* 1 किसी के स्थान पर कार्यवाही करने के लिए नियुक्त व्यक्ति, प्रतिनिधि, 2 = assign *n*

assignment असाइन्मन्ट *n* 1 वितरण, बांट, 2 कानूनी तौर पर समर्पण या हस्तान्तरण, अभ्यर्पण, 3 अभ्यर्पणलेख, हस्तान्तरणलेख, 4 (किसी को, वि० छात्र को) सौंपा गया काम, नियत कार्य, 5 कारण बताना, (कारण का) निर्देश, 6 (कारणों का) विवरण

assimilate असिमिलेट *vt* & *i* 1 सदृश बनाना, अनुरूप बनाना [to ~ **to, with,** sth], 2 *philol* एक ध्वनि को पास की दूसरी ध्वनि जैसा बनाना, 3 आत्मसात् करना, अपने में मिला लेना, अपनाना, 4 *physiol* पचा लेना, (पचा कर) शरीर का तत्त्व बना लेना [to ~ food], 5 (बुद्धि द्वारा) ग्रहण करना, समझना, 6 *vi* सदृश बन जाना, *phonet* दूसरी ध्वनि के सदृश बन जाना (*e.g. d* becomes *g* in ad+gression=aggression), 7 पचना

assimilation असिमि-लेशन *n* 1 सदृशीकरण, 2 आत्मसात्करण, 3 परिपाचन

assist असिस्ट *vt* & *i* 1 (व्यक्ति को, काम में) सहायता देना या करना, मदद देना या करना, योग देना, हाथ बटाना [to ~ s.o. **in** doing sth], 2 (काम में) सहायक होना [to ~ a process], 3 *vi* उपस्थित होना, सम्मिलित होना [to ~ **at** a ceremony];(काम में) भाग लेना [to ~ **in** sth]

assistance असिस्टंस *n* सहायता, मदद [to come to someone's ~], सहयोग, योगदान

assistant *a* & *n* 1 सहायक, मददगार; सहयोगी, सहकारी, 2 दूसरे के नीचे काम करने वाला, अवर, सहायक [~ manager]; *n* सहायक; (दुकान का) छोटा कर्मचारी [shop-~]

assize असाइज़ *n* 1 (usu in *pl*) इंग्लैंड के ज़िलों (counties) में दीवानी और फ़ौजदारी मुकदमों की सुनवाई के लिए न्यायालय का सत्र, न्यायसत्र, 2 डबलरोटी और बियर का कानून द्वारा नियत मूल्य, कानूनी कीमत

associable *a* जिस (तथ्य) का किसी (अन्य तथ्य) के साथ संबंध स्थापित किया जा सके, संबंधित

associate^{1} असोशिइट *a* & *n* 1 सहयोगी, सहकारी, 2 साझी, साझेदार, 3 संबंधित ; *n* 1 (संस्था या सभा का) सहकारी सदस्य, सहसदस्य, 2 (किसी वस्तु से) संबंधित वस्तु; संबंधित तत्त्व

associate^{2} असोशिएट, असोसिएट *vt* & *i* 1 (व्यक्तियों, वस्तुओं को) परस्पर मिलाना, साथ मिलाना, 2 सोचना कि दो तथ्य परस्पर संबंधित हैं, संबंध मानना या स्थापित करना [to ~ ideas; to ~ peace with prosperity], 3 to ~ oneself (in a matter) (किसी काम में) साझेदार बनना, 4 सहमति व्यक्त करना, सहमत होना [to ~ oneself **with** s.o.], 5 *vi* सम्मिलित होना, शामिल होना, शरीक होना, 6 मेल-जोल रखना, मिलना-जुलना, संगति करना [to ~ **with** intellectuals]

association असोसिएशन *n* 1 मेल-मिलाप, मेल-जोल, संग, संगति, साथ, साहचर्य, मित्रता, 2 ~ of ideas मिलते-जुलते पदार्थों या भावों का ऐसा संबंध जिससे एक का विचार आने पर दूसरे का भी आ जाये, विचार-साहचर्य, 3 संस्था, सभा, संघ, कंपनी, **articles of** ~ संस्था या कंपनी की नियमावली, 4 *ecol* समान परिवेश में रहने वाले पौधों का वर्ग, 5 A~ football फुटबाल का खेल जिसमें बॉल को हाथ लगाना मना होता है (cf. Rugby)

assonance ऐस-नंस *n* स्वरसाम्य (*e.g.* in s*o*nnet and p*o*rridge), व्यञ्जनसाम्य, ध्वनिसाम्य (*e.g.* in *k*illed and *c*old)

assort असॉर्ट *vt* & *i* 1 (वस्तुओं को) अलग-अलग करके वर्गों में रखना, वर्गीकरण करना [to ~ colours etc], श्रेणीवद्ध करना, 2 के वर्ग में रखना या डालना [to ~ sth **with** sth], 3 *vi* to ~ well, ill, **with** से मेल खाना, मेल न खाना

assorted 1 चुने हुए, छांटे हुए, 2 वर्गीकृत [rows of ~ vegetables], 3 विविध प्रकार के [~ biscuits], 4 **ill-~** बेमेल, अनमिल; **well-~** सुमेल

assortment *n* 1 वर्गीकरण, 2 छँटाव, 3 विविध प्रकार की वस्तुओं का संग्रह, संकलन

assuage अस्वेज *vt* 1 (व्यक्ति को) शांत करना, ढारस बंधाना, सान्त्वना देना, दिलासा देना, 2 (चिन्ता, क्रोध, दु:ख, शोक, पीड़ा) शान्त करना, हल्का करना [to ~ s.o.'s grief, suffering, etc], 3 (भूख) मिटाना, (इच्छा को) पूरा करना [to ~ an appetite, a desire]

assuagement *n* 1 (see prec)(चिन्ता आदि का) शमन, उपशमन, 2 (भूख, चाह की) तृप्ति, शान्ति

assume अस्यूम *vt* 1 (बिना प्रमाण के) मान लेना, (दलील की खातिर) फ़र्ज़ करना [I ~ that he will come], 2 (कर्त्तव्य, पद का कार्यभार) संभालना, ग्रहण करना [to ~ duty, office], 3 अन्यायपूर्वक ले लेना, छीनना [to ~ a right to oneself], 4 ढोंग करना, स्वांग भरना [to ~ ignorance, innocence], 5 धारण करना [the situation ~d a threatening character], पहनना [to ~ one's robes]

assuming *a* अपने आपको बहुत कुछ समझने वाला, अहम्मन्य, अभिमानी

assumption असम्पशन *n* 1 कल्पना, अनुमान, धारणा, पूर्वधारणा, फ़र्ज़ी बात, 2 कार्यभार का ग्रहण

करना, 3 अभिमान, अहम्मन्यता, औद्धत्य

assumptive असम्प्‌टिव *a* 1 जो मान लिया गया हो, माना हुआ, 2 अभिमानी, अहम्मन्य, उद्धत

assurance अशुअरंस *n* 1 ज़मानत, गारंटी, वचन, 2 आश्वासन, विश्वास, भरोसा, 3 निश्चय, निश्चित बात, पक्की बात, **to make ~ doubly sure** पक्की बात को और पक्का करना; संदेह मिटाना, 4 बीमा; **life-~** जीवन बीमा, 5 आत्मविश्वास [to act with ~], 6 औद्धत्य, गुस्ताख़ी

assure अशुअर *vt* 1 सुरक्षित करना [to ~ one's position], 2 बीमा करना [to ~ s.o.'s life], 3 निश्चित बनाना, निश्चित करना, सन्देह-रहित बनाना [By hard work, you can ~ your success], 4 (व्यक्ति को) विश्वास दिलाना, भरोसा या यकीन दिलाना [to ~ s.o. **of** sth; to ~ s.o. that...]; you may rest ~d that ...आप इस बात का विश्वास रखिए कि...; **~dly** *adv*=certainly

astatic *a* हिलता हुआ; अस्थिर

aster ऐस्टर *n* फूलदार पौधों की एक किस्म

asterisk ऐस्टरिस्क *n* & *vt* तारकचिन्ह (*); *vt* तारकचिन्ह लगाना, तारकित करना [to ~ a word]

asterism ऐस्टरिज़्म *n* 1 तारापुंज, तारकपुंज, 2 (ध्यान आकर्षित करने के लिए) तीन तारकों का चिन्ह (*$_{*}$*)

astern अस्टर्न *adv* (*naut* & *aeron*) 1 जहाज़ के पीछे वाले भाग में, पिछाड़ी में, 2 पीछे, पीछे की ओर [Our boat is ~ of the ship]

asteroid ऐस्ट-रॉइड *a* & *n* 1 तारे की शक्ल का, तारकाकार; *n* सूर्य की परिक्रमा करने वाले उन हज़ारों छोटे-छोटे ग्रहों में से एक जिनकी कक्षा मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच होती है, क्षुद्र ग्रह

asthenia ऐस्थीनिय: *n* दुर्बलता, कमज़ोरी

asthenic ऐस्थेनिक *a* दुबला-पतला, कृशकाय

asthma ऐस्म:, ऐज़्म: *n* दमा, श्वासरोग

asthmatic ऐस्मैटिक *a* & *n* 1 दमे का; दमे से पीड़ित, 2 दमे में लाभदायक; *n* दमे का रोगी

astigmatic *a* (see foll) दृष्टिवैषम्यका; दृष्टिवैषम्य से पीड़ित

astigmatism अस्टिग्-मटिज़्म *n* आंख के शीशे (lens) का विकार जिसके कारण प्रकाश की किरणें आंख के पर्दे के किसी एक बिन्दु पर केन्द्रित नहीं हो पातीं; दृष्टिवैषम्य

astir अस्टर *adv* & *pred a* 1 हिलता हुआ, गतिमान्, 2 बिस्तर से उठा हुआ, जागा हुआ, जाग कर काम में लगा हुआ, 3 जोश में (आया हुआ), कौतूहलपूर्ण, हलचल वाला

astonish अस्टॉनिश *vt* 1 विस्मित करना, चकित करना, अचम्भे में डालना, हक्का-बक्का करना, 2 **to be astonished** विस्मित होना, हैरान रह जाना; **~ing** *a* विस्मयजनक, आश्चर्यजनक; **~ment** *n* आश्चर्य, विस्मय, अचंभा, हैरानी

astound अस्टाउन्ड *vt* 1 आश्चर्यचकित कर देना, 2 चकरा देना, घबरा देना, हक्का-बक्का कर देना, स्तब्ध या स्तंभित करना

astounding *a* 1 अत्यन्त आश्चर्यजनक, 2 भयङ्कर, भारी [~ disaster]

astraddle *adv* & *pred a* (घुड़सवार की तरह) टांगें फैला कर (जिससे कि एक टांग एक तरफ़ और दूसरी टांग दूसरी तरफ़ हो), आर-पार

astragal ऐस्ट्र-गल *n* (स्तंभशीर्ष या स्तंभपाद में बना) मनकों के हार-जैसा गोला, हारिका

astragalus अस्ट्रैगलस *n* (*anat* & *zool*) टख़ने की हड्डी, गुल्फास्थि, गुल्फिका

astrakhan ऐस्ट्र-कैन *n* (रूसी) मेमने का घुंघराला ऊन; समूर, 2 इसकी नकल पर बना कपड़ा

astral ऐस्ट्रल *a* 1 तारों का; तारामय, 2 ~ body लिंगशरीर (जो मृत्यु के बाद बना रहता है)

astray अस्ट्रे *adv* & *pred a* 1 गलत रास्ते पर (जाने वाला), पथभ्रष्ट, विपथगामी, भटका हुआ, गुमराह, 2 *fig* कुमार्ग पर; कुमार्गगामी, 3 **to go ~** पथभ्रष्ट होना; लक्ष्य से दूर चला जाना; **to lead** s.o. ~ किसी को कुमार्ग पर ले जाना

astride अस्ट्राइड *adv* & *prep* 1 टांगें फैला कर, astride of के आर-पार; *prep* दोनों तरफ़ [the town lay ~ the main road]

astringent अस्ट्रिन्जन्ट *a* & *n* 1 (शरीर के ऊतकों को) सिकोड़ने वाला (औषध), 2 रक्तस्रावरोधक (औषध), 3 कठोर, सख़्त, कड़ा, उग्र

astrologer अस्ट्रॉल-जर *n* ज्योतिषी, दैवज्ञ

astrological ऐस्ट्र-लॉजिकल *a* (फलित-)ज्योतिष-संबंधी

astrology अस्ट्रॉल-जि *n* (फलित-)ज्योतिष

astronaut ऐस्ट्र-नॉट *n* 1 अन्तरिक्षयात्री, 2 अन्तरिक्षयानचालक

astronauticsऐस्ट्र-नॉटिक्स *n* अन्तरिक्षयात्रा-विज्ञान, अन्तरिक्षयानिकी

astronomer अस्ट्रॉन-मर *n* खगोलशास्त्री, खगोलज्ञ, गणितज्योतिषी

astronomical *a* 1 गणितज्योतिषसंबंधी, खगोलीय, 2 अपरिमित , बहुत अधिक; ~ distances अपरिमित दूरियां; ~ figures अपरिमित संख्याएं

astronomy अस्-ट्रॉनमि *n* गणितज्योतिष, खगोल-विज्ञान, खगोलशास्त्र

astute अस्ट्यूट *a* 1 समझदार, बुद्धिमान्, कुशाग्र-बुद्धि, विचक्षण, विवेकी [an ~ scholar], 2 समझदारी का, बुद्धिमत्तापूर्ण, 3 चालाक, धूर्त, घाघ, कांइयां, सयाना; **~ness** *n* 1 बुद्धिमत्ता, विवेक, 2 चालाकी, धूर्तता

asunder *adv* (*rhet*) पृथक्-पृथक्, अलग-अलग; to tear sth ~ टुकड़े-टुकड़े करना, धज्जियां उड़ाना

asylum असाइलम *n* 1 जहां किसी (अपराधी) को शरण मिले, सिर छिपाने की जगह, आश्रयस्थान,

शरण, 2 अनाथ आश्रम, 3 पागलखाना, 4 **political** ~ एक देश द्वारा दूसरे देश के अपराधियों को दी गई शरण, राजनीतिक शरण

asymmetrical असिमे`ट्रिकल *a* असममित, असमरूप, विषमरूप

asymmetry असिमिट्रि *n* सममिति का अभाव, असममिति, असमरूपता

asymptote ऐसिम्टोट *n* (*math*) सीधी रेखा जो बढ़ाने पर किसी वक्र (वृत्त, पैराबोला आदि) के निकट एवं निकटतर तो पहुँचती जाती है पर उसे छू नहीं पाती, अस्पर्शी उपगामी रेखा, अनन्तस्पर्शी

asymptotic ऐसिम्टॉ`टिक *a* (अस्पर्शी) उपगामी; All human efforts are ~ to happiness मनुष्य के सब प्रयत्न उसे सुख के निकट एवं निकटतर तो पहुँचा देते हैं पर उसे सुख प्राप्त नहीं करा पाते

at *prep* 1 (with *ref.* to place and time) में, पर [at home, at school; at noon, at night, at (the age of) 70], 2 (indicating cause) पर [impatient at delay; annoyed at his stupidity], 3 He is at work वह काम कर रहा है; to be at sth किसी क्रिया में व्यापृत होना; She is at it again वह फिर वही बात या काम कर रही है (*i.e.* she is again crying, abusing, shouting, etc), 4 **at that** (i) वहां तक, वहीं तक, आगे नहीं; अधिक नहीं, [Leave it at that]; (ii) हैरानी की बात यह है कि, और फिर [He lost (the game) and to an amateur at that]

ataraxy ऐट-रैक्सि, **ataraxia** ऐटरैक्सिअ *n* 1 नितान्त उदासीनता, वैराग्य (की भावना), विरक्ति, 2 शान्तचित्तता, शम

atavism ऐट-विज़म *n* 1 व्यक्ति में अपने दूर के पूर्वज (न कि माता-पिता) से कुछ साम्य या सादृश्य होना, पूर्वजानुरूपता, 2 पूर्वज के किसी लक्षण या गुण का पुनः प्रादुर्भाव

atavistic *a* पूर्वजानुसारी, पूर्वजसदृश, पूर्वजों-की सी [Hitler's attack on Russia was prompted by the ~ impulse to go east]

ataxy, -xia अटैक्सि, अटैक्सिअ *n* शरीर की मांसपेशियों (वि० उंगलियों) का ठीक तरह काम न करना

atelier F ऐटे`-लिये *n* (कारीगर की) कर्मशाला, शिल्पशाला, (चित्रकार का) स्टूडियो, चित्रशाला

atheism एथिइज़्म *n* ईश्वर के अस्तित्व में अविश्वास, नास्तिकता, अनीश्वरवाद

atheist एथिइस्ट *n* नास्तिक, अनीश्वरवादी

atheistic *a* नास्तिवादी, अनीश्वरवादी

athirst *pred a* 1 प्यासा, तृषित, 2 उत्सुक, उत्कण्ठित, अभिलाषी

athlete ऐथ्लीट *n* 1 खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाला, खिलाड़ी, 2 हृष्टपुष्ट व्यक्ति, पहलवान

athletic ऐथ्ले`टिक *a* & *n* 1 खेल-कूद संबंधी, 2 हृष्टपुष्ट, बलिष्ठ; *n pl* **athletics** खेल-कूद, खेलकूद प्रतियोगिता; खेलकूद का अभ्यास

at-home *n* (अपने घर पर नियत समय के भीतर किया जाने वाला) स्वागतसमारोह, जलपान

athwart अथ्वॉर्ट *adv* & *prep* 1 एक सिरे से दूसरे सिरे तक; आर-पार, 2 आड़ा, तिरछा; ~ **to** के विरुद्ध

atlantes अट्लैन्टीज़ *n pl* (*archit*) पुरुष की आकृति का स्तम्भ, पुरुषस्तम्भ

Atlantic अट्लैन्टिक *n* & *a* यूरोप और अमरीका के बीच का समुद्र, अतलांतिक महासागर; *a* अतलांतिक का

atlas ऐट्लस *n* 1 मानचित्रावली, भूचित्रावली, एटलस, 2 रीढ़ की हड्डी का पहला खंड जिस पर खोपड़ी टिकी रहती है, शीर्षधर, 3 A~ (Gk *myth*), प्रमुख देवताओं (Titans) में से एक जो पृथ्वी को कंधों पर उठाए रहता है

atmosphere ऐट्-मस्-फ़ियर *n* 1 वायुमण्डल, 2 ग्रहों और नक्षत्रों के इर्द-गिर्द. विद्यमान वायु अथवा गैसों का आवरण, परिमण्डल, 3 (कमरे या किसी जगह की) हवा, वायु, 4 *fig* वातावरण [~ of peace, vice, etc], 5 *phys* पृथ्वी पर हवा का दबाव (=1 kg per sq. cm)

atmospheric(al) ऐट्मस्फ़े`रिक(ल) *aa* वायुमंडल का, वायुमंडलीय

atmospherics ऐट्मस्फ़े`रिक्स *n pl* वायुमंडल में बिजली की गड़बड़ (के कारण रेडियो अथवा टेलीफ़ोन की आवाज़ में गड़बड़), वायुवैद्युत विक्षोभ (से होने वाली गड़बड़)

atoll ऐटॉल *n* मूंगा टापू जिसके बीचों बीच समुद्री पानी की झील हो, (वलयाकार) प्रवालद्वीप

atom ऐटम *n* 1 परमाणु, 2 अत्यन्त लघु पदार्थ, कण, कणिका, 3 ~ **bomb** परमाणु बम, अणु बम; ~ **smasher** *phys* प्रबल ऊर्जायुक्त कण पैदा करके उन्हें किसी निशाने पर केन्द्रित करने का यन्त्र, कणित्र

atomic अटॉमिक *a* परमाणुसंबंधी, परमाण्वीय, परमाण्विक; ~ **energy** परमाणुशक्ति, परमाणु ऊर्जा; ~ **philosophy**=atomism; ~ **pile** =nuclear reactor (see reactor); ~ **power** =~ energy (see above); ~ **reactor** (see reactor)

atomicity *n* किसी तत्त्व के अणु में परमाणुओं की संख्या, परमाणुसंख्या

atomism *n* (*philos*) यह सिद्धान्त कि सब पदार्थ अविभाज्य परमाणुओं से बने हैं, परमाणुसिद्धान्त

atomize ऐट-माइज़ *vt* 1 अणुओं या कणों में विभक्त करना, 2 (द्रव की) फुहार बनाना, 3 (U.S.) परमाणुबम से नष्ट-भ्रष्ट करना; ~**r** *n* फुहार बनाने का यन्त्र, सीकरवर्षी

atone अटोन *vi* 1 क्षतिपूर्ति करना, हरजाना देना, 2 to ~ for one's sins पापों का प्रायश्चित्त करना; ~**ment** *n* 1 क्षतिपूर्ति, 2 प्रायश्चित्त

atop अ-टॉ`प *adv* & *prep* चोटी पर, शिखर पर;

prep के ऊपर [~ the flagstaff]

atrabilious ऐट्र-बिल्यस *a* 1 उदास, खिन्न, विषादग्रस्त, विषण्ण, 2 उग्र या तीक्ष्ण स्वभाव का, बदमिज़ाज

atrium एट्रियम *n* 1 (रोमन घर का) सहन, आंगन, 2 (शरीर में) छिद्र, विवर, गुहा, 3 *anat* दिल के उपरले दो प्रकोष्ठों में से एक (जिनमें शिराओं द्वारा रुधिर पहुँचता है) (also auricle)

atrocious अट्रोशस *a* 1 अति निर्दय, क्रूर, निर्दयतापूर्ण, क्रूरतापूर्ण [~ crime], 2 घृणित, बीभत्स [~ behaviour], 3 बहुत खराब [~ weather]; ~**ness** *n* 1 निर्दयता, 2 बीभत्सता (also see foll)

atrocity अट्रॉसिटि *n* 1 निर्दयता, नृशंसता, क्रूरता, 2 अत्याचार, ज़ुल्म, 3 *colloq* अत्यन्त घृणित काम या वस्तु

atrophy ऐट्रफ़ि *n, vt & i,* 1 पोषक आहार न मिलने के कारण शरीर का दुर्बल हो जाना, सूख जाना, कृश होना, घुलना, क्षय, क्षीणता, 2 (प्रयोग में न आने के कारण) क्षय, अपकर्ष [an ~ of talent]; *vt & i* घुलाना या घुलना, क्षीण करना या होना

atropine ऐट्रपिन *n* आँख की पुतली को फैलाने के लिए प्रयुक्त (विषैली) औषध

attach अटैच *vt & i* 1 (एक चीज को दूसरी के साथ) जोड़ना, नत्थी करना, टांकना, बांधना, संलग्न करना [to ~ sth to sth], साथ लगाना [to ~ a condition to a gift], 2 to ~ oneself to s.o. किसी का साथी बन जाना, किसी के साथ हो जाना, किसी से जा मिलना; to ~ oneself to a group, an expedition किसी दल में या अभियान में शामिल हो जाना, 3 (usu in *pass*) अपना साथी या अनुयायी या अनुरागी या भक्त बना लेना, (in *pass*) अनुरक्त होना, अति स्नेह करना [Radha was deeply attached to Krishna], 4 to ~ importance, significance, meaning, etc. to को महत्त्व देना, का महत्त्व समझना, 5 *law* (जायदाद) कुर्क करना, जब्त करना, (व्यक्ति को) गिरफ़्तार करना, पकड़ लेना, 6 *vi* (दोष आदि का) लगना, आना; No blame attaches to him उस पर कोई दोष नहीं आता; उसका कोई दोष नहीं है

attaché F अटैशे *n* राजदूत के कार्यालय में (वि० तकनीकी काम के लिए) नियुक्त अधिकारी [cultural, military, press, ~], 2 ~ case हाथ में उठाने का छोटा बक्सा, अटैची केस

attachment 1 जोड़ना, संयोजन, 2 साथ जोड़ने की वस्तु, संलग्न वस्तु, 3 स्नेह, प्रेम, अनुराग; आसक्ति, 4 (जायदाद की) कुर्की; (व्यक्ति की) गिरफ़्तारी

attack^{1} अटैक *vt* 1 हमला करना, वार करना [He ~ed me with a stick], 2 चढ़ाई करना, आक्रमण करना, धावा करना या बोलना, 3 आक्षेप करना, तीव्र या कटु आलोचना करना, निन्दा करना [The Opposition ~ed the Govt. policy on immigration], 3 (of disease etc) ग्रस्त करना, लगना, 4 बड़े उत्साह या ज़ोर-शोर से (कोई काम) शुरू करना [to ~ a task]

attack^{2} *n* (see prec) 1 आक्रमण, 2 आक्षेप, आलोचना, निन्दा, 3 रोग का एकाएक लगना, दौरा [~ of flu; heart ~]

attain अटेन *vt & i* 1 (वि० बड़े परिश्रम से) पहुंचना, जा पहुंचना [to ~ the mountain peak], 2 प्राप्त करना, उपलब्ध करना, (सिद्धि) प्राप्त करना [to ~ one's goal; to ~ perfection], 3 *vi* to ~ to पहुंचना; प्राप्त करना

attainder अटेन्डर *n* (*hist*) (मृत्युदण्ड या निर्वासन के परिणामस्वरूप) जायदाद का जब्त होना, नागरिक अधिकारों से वंचित होना

attainment *n* 1 पहुंचना, पहुंच, प्राप्ति, 2 प्राप्ति, उपलब्धि [~ of one's purpose], 3 in *pl* गुण, योग्यता, प्रवीणता, उपलब्धि

attaint अटेन्ट *vt* 1 *hist* जायदाद जब्त करना, नागरिक अधिकारों से वंचित करना, 2 (of disease) ग्रस्त करना, लगना, 3 दूषित करना, बिगाड़ना, खराब करना

attemper अटॅम्पर *vt* 1 शान्त करना, मनाना, 2 के अनुकूल बनाना, से मेल बैठाना [to ~ to], 3 (धातु को) आब देना

attempt^{1} अटॅम्प्ट *vt* 1 यत्न या प्रयत्न करना, प्रयास करना, कोशिश करना [to ~ to do sth; to ~ sth], 2 to ~ a question सवाल हल करने की कोशिश करना, प्रश्न का उत्तर देना, 3 (दुर्ग पर) आक्रमण करना, 4 (पहाड़ की चोटी पर) चढ़ने की कोशिश करना [to ~ a mountain], 5 to ~ the life of (*arch*) की हत्या करने की कोशिश करना

attempt^{2} *n* 1 यत्न, प्रयत्न, प्रयास, कोशिश [~ to do sth; ~ at doing sth, at sth], 2 to make an ~ on s.o.'s life की हत्या की कोशिश करना

attend अटॅन्ड *vt & i* 1 में उपस्थित होना, हाजिर होना [to ~ a lecture, meeting, etc]; (प्रतिदिन) स्कूल आदि जाना [to ~ school, office, church], 2 (of doctor, nurse) देखभाल करना, परिचर्या करना [the nurse attends the patient daily], 3 सेवा में उपस्थित रहना, (रक्षार्थ) साथ रहना या जाना [to ~ a minister], 4 (परिणामस्वरूप) साथ होना या जाना [a cold ~ed with fever]; सहवर्ती या सहगामी होना [a measure ~ed by grave consequences], 5 *vi* ध्यान देना [to ~ to sth]; (काम में) लगना [Attend to your work, studies, etc]; सुनना [Attend to what I say]; I shall ~ to you in a minute एक मिनट में आपकी

सेवा में हाज़िर होता हूं, **6 to ~ on, upon**= 2, 3 above [to ~ upon a patient; to ~ upon a minister]

attendance *n* 1 उपस्थिति, हाज़िरी, 2 उपस्थित लोग, उपस्थितों की संख्या, उपस्थिति, 3 सेवा-शुश्रूषा, परिचर्या, 4 **to dance ~ upon s.o.** सेवा के लिए किसी के साथ रहना, किसी की दरबारदारी करना, **5 to be in ~** (upon someone) (की सेवा के लिए) उपस्थित होना या रहना

attendant *n* & *a* 1 सेवक, अनुचर, परिचारक [the minister and his attendants], 2 (in laboratory, museum, etc) परिचर ; *a* 1 सहगामी सहवर्ती, आनुषंगिक [~ circumstances], 2 सेवा में उपस्थित [the ~ nurse]

attention अटेॅन्शन *n* 1 ध्यान, तवज्जह, **to giv pay, ~ to** sth, s.o. की ओर ध्यान देना; **to attract, call, draw s.o.'s ~ to sth** की ओर ध्यान दिलाना या आकर्षित करना, 2 देख-भाल, ध्यान, ख्याल [Individual ~ is given to every child], 3 *psych* एक विषय पर ध्यान केन्द्रित करना, मनोयोग, 4 *pl* शिष्टता और स्नेह का बर्ताव, आदर-सत्कार [**to pay one's ~s to a lady, to** s.o.]; 5 *mil* सावधान खड़े होने की मुद्रा, **to come to ~; to stand at ~** सावधान मुद्रा में खड़े होना; Attention! सावधान!

attentive अटेॅन्टिव *a* 1 ध्यान देने वाला, दत्तचित्त; एकाग्रचित्त, 2 ख्याल रखने वाला, 3 चौकस, चौकन्ना, सावधान, 4 शिष्टता का बर्ताव करने वाला, शिष्ट, विनीत; ~**ly** *adv* ध्यानपूर्वक, ध्यान लगा कर, दत्तचित्त होकर

attenuate^1 अटेॅन्युएट *vt* 1 पतला करना, सूक्ष्म बनाना, 2 सघनता कम करना, विरल करना [to ~ a gas], 3 बल या ज़ोर या प्रभाव कम करना, नरम करना, हल्का करना [to ~ a statement]

attenuate^2 अटेॅन्युइट *a* 1 पतला, सूक्ष्म, 2 विरल, 3 *bot* जो एक सिरे से दूसरे सिरे तक धीरे-धीरे पतला होता गया हो, गावदुम

attenuation *n* 1 पतला करना या होना, 2 विरलीकरण, 3 (बल या ज़ोर या प्रभाव का) घटाव, घटती, 4 *electr* तनूकरण

attest अटेॅस्ट *vt* & *i* 1 (किसी बात की सत्यता) प्रमाणित करना, सही करना, तसदीक करना [to ~ a signature etc], 2 व्यक्त करना, प्रदर्शित करना, प्रमाणित करना [His works ~ his industry], 3 सेना में भरती करना, 4 *vi* गवाही देना, शहादत देना. साक्षी या गवाह होना [to ~ to sth], 5 (of recruit) सेना में भरती होना

attestation *n* 1 प्रमाणीकरण, प्रमाणन, तसदीक, 2 साक्षी, साक्ष्य, गवाही, शहादत

Attic^1 ऐटिक *n* ऐथन्स की प्राचीन ग्रीक भाषा

attic^2 *n* मकान की सबसे ऊपरी मंजिल (का कमरा), अटारी

attire अटाइअर *n* & *vt* (ख़ास अवसर के लिए सुन्दर) पहरावा, पोशाक, परिधान, वस्त्र; *vt* (वस्त्र) पहनाना, सजाना

attitude ऐटिट्यूड *n* 1 शरीर की मुद्रा, अंगविन्यास, (of actor) **to strike an ~** शरीर की कोई विशेष मुद्रा बनाना, 2 *aeron* हवा या धरती की अपेक्षा विमान का रुख, 3 रवैया, रुख, रंग-ढंग, बर्ताव, व्यवहार; ~ (of mind) सोचने का ढंग, विचार-विधा, मनोवृत्ति

attitudinize *vi* 1 विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास करना, मुद्रा बनाना, 2 कृत्रिम ढंग से बोलना या लिखना या व्यवहार करना

attorney अटर्नि *n* 1 (व्यापार या मुकदमे में किसी का) प्रतिनिधि, अभिकर्ता, मुख़्तार; **power of ~** किसी की ओर से कार्यवाही करने का कानूनी अधिकार, अभिकर्ता-अधिकार, मुख़्तारी अधिकार, **letter, warrant, of ~** मुख़्तारनामा, 2 वकील, (सरकार का) न्याय-अधिकारी, न्यायवादी; **A~-General** महान्यायवादी, अटार्नी-जनरल

attract अट्रैक्ट *vt* 1 अपनी ओर खींचना (opp. repel); आकर्षित या आकृष्ट करना, 2 लुभाना. मोहित करना, ललचाना, अच्छा लगना

attraction अट्रैक्शन *n* 1 आकर्षण, खिचाव, 2 लुभाव, मोहकता, मोहनी, 3 *phys* आकर्षण शक्ति, आकर्षण, 4 आकर्षक, वस्तु या व्यक्ति, आकर्षण

attractive *a* 1 आकर्षक, मोहक, सुन्दर [~ woman], मनोरम, 2 अच्छा लगने वाला, लुभाने वाला, रुचि पैदा-करने वाला, रोचक, आकर्षक [~ idea, proposal]

attributable *a* जिसे कारण माना जा सके [His success is ~ to hard work]

attribute^1 ऐट्रिब्यूट *n* 1 (वस्तु या व्यक्ति का) गुण, धर्म, लक्षण, विशेषता [speech is an ~ of man], 2 पद या व्यक्ति से संबंधित वस्तु-विशेष, प्रतीक [The crown is an ~ of king], 3 *philos* उपाधि, 4 *gram* विशेषण

attribute^2 अट्रिब्यूट *vt* 1 संबंध बताना, का मानना [you ~ to him qualities that he does not possess], 2 कारण का निर्देश करना, कारण ठहराना या मानना [His success is attributed to hard work], 3 (किसी चीज का काल या स्थान) मानना, निर्धारित करना [Manusmriti is attributed to the 3rd century B.C.]

attribution ऐट्रिब्यूशन *n* & *vt* 1 see prec. गुणारोप, 2 (शासक आदि को दिया हुआ) अधिकार

attributive *a* गुणसूचक, गुणवाचक; N.B. An attributive adj precedes the noun it qualifies *e.g.* a lame dog (cf. predicative adj)

attrition अट्रिशन *n* 1 रगड़, घिसाई, घर्षण, संघर्षण, अपघर्षण, 2 निरन्तर दबाव से थका डालना, थका कर हरा देना, **war of ~** युद्ध जिसमें दोनों पक्ष

एक-दूसरे पर निरन्तर दबाव डाल कर हराने की कोशिश करते हैं [The enemy surrounded the town and conducted a war of ~], 3 खरोंच, खरोट, छिलन, 4 *theol* पाप का पश्चात्ताप, अनुताप, पछतावा

attune अट्यून *vt* 1 स्वर ठीक करना [to ~ an instrument], 2 स्वर मिलाना, 3 *fig* अनुकूल बनाना या करना [His tastes are attuned **to** mine]

auburn ऑबर्न *a* सुनहरा-भूरा, कपिश [~ hair]

auction ऑक्शन *n* & *vt* नीलाम [to put sth up **to, for,** ~]; *vt* नीलाम करना

auctioneer ऑक्शनियर *n* नीलाम करने वाला, नीलामकर्ता

audacious ऑडेशस *a* 1 साहसी, दिलेर, निर्भय, निर्भीक, (of act) साहस का, साहसिक, दिलेरी का, निर्भीकतापूर्ण, 2 उद्धत, उद्दण्ड, धृष्ट, गुस्ताख, (of act) औद्धत्यपूर्ण, उद्दण्डता का, धृष्टता का; **~ly** *adv* 1 साहसपूर्वक, दिलेरी से, 2 धृष्टतापूर्वक, ढिठाई से

audacity ऑडेसिटी *n* 1 साहस, दिलेरी, निर्भीकता, 2 धृष्टता, ढिठाई, उद्दण्डता, औद्धत्य, गुस्ताखी

audibility ऑडिबिलिटि **audibleness** *nn* श्रव्यता

audible ऑड-बल *n* जो सुना जा सके, श्रव्य; जो सुनाई दे, कर्णगोचर

audience ऑडियंस *n* 1 सुनवाई, to give ~ (किसी की) बात सुनना, 2 (बड़े आदमी के साथ औपचारिक) भेंट, मुलाकात, दर्शन [**to have an ~ with s.o.**], 3 (*theatr* etc) प्रेक्षकगण, दर्शकवृन्द, सुनने वाले, श्रोतागण, 4 (पुस्तक के) पाठकगण

audio-typist *n* टेप या रिकार्ड सुनकर टाइप करने वाला

audio-visual ऑडियो-विश्जुअल *a* दृश्य-श्रव्य, **~ aids** दृश्य-श्रव्य साधन (*i.e.* रिकार्ड, फिल्म, टेलीविज़न आदि); **~ education** दृश्य और श्रव्य साधनों द्वारा शिक्षा

audit ऑडिट *n* & *vt* हिसाब-किताब की सरकारी जांच-पड़ताल (करना); लेखापरीक्षण (करना), लेखानिरीक्षण (करना)

audition ऑडिशन *n* & *vt* 1 श्रवणशक्ति, 2 सुनना, श्रवण, 3 (नियुक्ति के अभिलाषी गायक आदि की) स्वरपरीक्षा; *vt* स्वरपरीक्षा करना [to ~ a singer]; परीक्षार्थ नृत्य देखना, नृत्यपरीक्षा करना [to ~ a dancer]

auditive *a* श्रवणसंबंधी, श्रवणविषयक

auditor ऑडिटर *n* 1 लेखापरीक्षक, लेखानिरीक्षक, 2 सुननेवाला, श्रोता

auditorial ऑडिटॉरियल *a* लेखापरीक्षणसंबंधी

auditorium ऑडिटॉरियम *n* श्रोताओं या प्रेक्षकों के बैठने का कक्ष या भवन, दर्शककक्ष, प्रेक्षाभवन, सभाभवन

auditory ऑडि-टरि *n* 1 श्रवणसंबंधी, श्रवणेन्द्रिय-संबंधी, 2 श्रवणमूलक [~ hallucinations]

au fait F ओ-फ़े *pred a* जानकार, निपुण, प्रवीण, to put, make, s.o. au fait **with** किसी को कोई काम सिखा देना, काम में प्रवीण बना देना

Augean ऑजीयन *a* 1 बहुत गन्दा, गन्दगी से भरा हुआ; बहुत अप्रिय और कठिन; to cleanse an ~ stable भारी कुप्रथा को दूर करना; बहुत अप्रिय और कठिन काम करना [Gk *myth:* King Augeas had stables, occupied by 3000 oxen, which had not been cleansed for 30 years. Hercules cleansed them in one day by diverting a river through them]

auger ऑगर *n* लकड़ी में सूराख करने का औज़ार, बरमा

aught ऑट *n* (*arch*, *poet*) कोई चीज़, कुछ

augment^1 ऑग्-मन्ट *n* (In Skt, Gk, etc) भूतकाल बनाने में धातु से पहले लगने वाला स्वर; आगम

augment^2 ऑग्मेन्ट *vt* & *i* 1 बड़ा करना, बढ़ाना, वृद्धि करना, 2 *vi* बढ़ना; **~ation** *n* वृद्धि, वर्धन, परिवर्धन, विस्तार; **~ative** *a* परिवर्धनकारी, संवर्धी, परिवर्धी

augur^1 ऑगर *n* 1 शकुन आदि देख कर भविष्यवाणी करने वाला रोमन अधिकारी, 2 भविष्यवक्ता, दैवज्ञ

augur^2 *vt* & *i* 1 पहले से बता देना, पूर्वसूचना देना, 2 *vi* शकुन होना, लक्षण होना, सूचक होना; **it ~s no good** यह कोई अच्छा शकुन नहीं है; **it augurs ill, well, for** के लिए अशुभसूचक, शुभसूचक, है; **~al** *a* 1 शकुनसंबंधी, 2 भविष्यसूचक

augury ऑग्युरि *n* 1 शकुनों से भविष्य जानने की विधि या कार्य, भविष्यज्ञान, 3 शकुन, लक्षण, संकेत

august ऑगस्ट *a* 1 प्रतापी, महिमाशाली, भव्य, शानदार, 2 श्रद्धेय, पूज्य, आदरणीय, 3 रोब-दाब वाला, रोबदार

August *n* अगस्त, अंग्रेजी कैलंडर का आठवां महीना (लगभग मध्य श्रावण से मध्य भाद्रपद तक)

aunt आन्ट *n* (*colloq:* auntie, aunty) 1 चाची, ताई, बुआ, मौसी, मामी, 2 कोई बड़ी उमर की भली स्त्री, 3 **Aunt Sally** एक खेल जिसमें खिलाड़ी काठ के बुत पर डंडे या गेन्द फेंकते हैं, *fig* अकारण आक्रमण या कटाक्ष का निशाना

aura ऑरः *n* 1 (फूलों आदि की) महक, 2 (महात्माओं की उपस्थिति में या पुण्य स्थानों में अनुभव होने वाला मानसिक) वातावरण [an ~ of peace, friendliness], 3 (मिरगी आदि के) दौरे का पूर्वलक्षण

aural ऑरल *a* 1 श्रवणसंबंधी, श्रवण पर आधारित, श्रव्य, 2 कानसंबंधी, कान का [~ surgeon]

aureate ऑरिएट *a* 1 सुनहला, 2 (of *lang*) अलंकारबहुल

aureola ऑरियलः, **aureole** ऑरियोल *nn* 1 (सन्तों या शहीदों को प्राप्त होने वाला) दिव्य मुकुट, 2 (चित्रों में महात्माओं के सिर या शरीर के

चारों ओर बना) प्रभामंडल, 3 चन्द्र या सूर्य के इर्द-गिर्द (वि० ग्रहण के अवसर पर) दिखाई देने वाला धुंधला प्रकाशमंडल, प्रभामंडल, परिमण्डल

aureomycin ऑरिय-माइसिन *n* वि० फेफड़े के रोगों में प्रयुक्त दवा-विशेष, ऑरियोमाइसिन

au revoir F ओ रें॑वुआर *int* & *n* विदा ! फिर मिलेंगे ! *n* विदाई

auricle ऑरि-कल *n* 1 बाहरी कान, 2 हृदय के उपरले दो प्रकोष्ठों में से एक, उत्प्रकोष्ठ (=atrium 3)

auricular *a* 1 कान का, कर्णसंबंधी, 2 ~ **confession** पापस्वीकृति की बात जो पादरी के कान में कही जाये, 3 ~ **evidence** सुनी-सुनाई बात पर आधारित साक्ष्य या गवाही, 4 हृदय के उत्प्रकोष्ठ का; उत्प्रकोष्ठ के आकार का

auriferous *a* जिससे सोना निकाला जा सके, स्वर्णयुक्त

aurora ऑरॉरः *n* 1 पृथ्वी के उत्तरी तथा दक्षिणी ध्रुव पर दिखाई देने वाला प्रकाश, ध्रुवीय प्रकाश, ध्रुवीय ज्योति ; ~ **borealis** उत्तरध्रुवीय ज्योति; ~ **australis** दक्षिण-ध्रुवीय ज्योति; 2 *fig* उषा (-काल), प्रभात, 3 A~ (Rom *myth*) उषादेवी; ~l *a* ध्रुवप्रकाशीय

auscultation ऑस्कल्टेशन *n* सुनना, श्रवण, 2 *med* हृदय और फेफड़ों आदि की ध्वनि को सुनना

auspicate आस्पिकेट *vt* (*arch*) शुभारंभ करना, उद्घाटन करना

auspice ऑस्पिस, *pl* आस्पिसिज *n* 1 (वि० शकुन देखकर की गई) भविष्यवाणी, 2 *pl* संरक्षण, अभिभावकता, सरपरस्ती [under the ~s of the governor]; **under the ~s of** the Student's Union छात्रसंघ के तत्त्वावधान में

auspicious ऑस्पिशस *a* 1 शुभ, मंगल, माँगलिक, पुण्य, नेक, मुबारक [~ occasion], 2 अनुकूल [~ wind], 3 समृद्ध, सौभाग्यशाली; ~**ness** *n* मांगलिकता

Aussie ओ॑सि *n* (*colloq*) आस्ट्रेलिया-निवासी, आस्ट्रेलियन

austere ऑस्टिअर *a* 1 कठोर, सख्त, कड़ा, उग्र, रूखा, गंभीर, 2 संयमी, तपस्वी, सदाचारी, 3 सरलताप्रिय; सादगीपसंद, मितव्ययी; सादगी का, मितव्ययिता का, ऐश-आराम से रहित [~ life]

austerity ऑस्टे॑रिटि *n* 1 कठोरता, सख़्ती, उग्रता, 2 (usu in *pl*) तपस्या, तप, संयम [**to practise austerities**], 3 ऐश-आराम का अभाव, सरलता, सादगी, मितव्ययिता

austral ऑस्ट्रल *a* दक्षिण का, दक्षिणी

Australasia ऑस्ट्रलेशिया *n* आस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड तथा निकटवर्ती द्वीपसमूह

autarchy ऑटॉर्कि *n* 1 तानाशाही, 2 तानाशाह द्वारा शासित देश

autarky ऑटर्कि *n* (वि० आर्थिक) आत्मनिर्भरता

authentic ऑथें॑न्टिक *a* 1 विश्वसनीय, विश्वस्त, सच्चा, 2 जो नकली न हो, असली, मौलिक, प्रामाणिक [an ~ antique; an ~ work of Kalidasa]

authenticate ऑथें॑न्टिकेट *vt* 1 प्रामाणिक या असली सिद्ध करना, 2 प्रमाणित करना, तसदीक करना; **authentication** *n* प्रमाणीकरण; तसदीक

authenticity ऑथें॑न्-टिसिटि *n* 1 विश्वसनीयता, सच्चाई, 2 प्रामाणिकता, मौलिकता

author ऑथर *n* 1 लेखक, रचयिता, ग्रन्थकार, 2 लेखक की कृतियाँ [to find a passage in an author], 3 प्रवर्तक [the ~ of the swadeshi movement], संस्थापक; [fem. authoress]

authoritarian ऑथॉ॑रिटेरियन *a* & *n* 1 धौंस या रोब जमाने वाला, मनमानी करने वाला, निरंकुश (व्यक्ति), 2 तानाशाही का पक्षपाती, 3 (of State) जहां निरंकुश शासन हो, तानाशाही का, **सत्तावादी**

authoritarianism *n* शासनपद्धति जिसमें शासक (वर्ग) ही सर्वे-सर्वा हो और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अभाव हो, निरंकुश शासन, तानाशाही, **सत्तावाद**

authoritative **ऑथॉ॑रि-ट-टिव** *a* 1 अधिकारसंपन्न, अधिकारवान्, 2 अधिकार जताने वाला, रोब जमाने वाला, अपनी चलाने वाला, आज्ञा मनवाने वाला, 3 आदेशात्मक, आदेशसूचक, आज्ञासूचक [in an ~ tone], 4 अधिकृत, आधिकारिक, प्रामाणिक [~ version, edition, text, etc]

authority ऑथॉ॑रिटि *n* 1 (आज्ञा मनवाने का) अधिकार, सत्ता, शासन-सत्ता, 2 (सौंपा गया) अधिकार, अख़्तियार [~ **to do sth**; ~ **for an act**], 3 अधिकारी, (of body, organization) प्राधिकरण; **the authorities** अधिकारीवर्ग, सरकार, 4 व्यक्ति जिसकी बात मान्य हो, प्रमाण पुरुष, प्रकांड पंडित [He is an ~ **on** the Vedas]; विशेषज्ञ [He is an ~ **on** bees], 5 प्रमाण, प्रमाण ग्रन्थ, प्रमाण व्यक्ति (जिसका उदाहरण देकर कोई बात कही जाये), **on the ~ of** Manu मनु (स्मृति) के आधार पर, 6 अधिकृत या प्रामाणिक सूत्र; to have sth on good ~ अधिकृत सूत्र से पता चलना

authorization *n* (see foll) 1 अधिकारप्रदान, 2 स्वीकृति, मंजूरी

authorize ऑथराइज़ *vt* 1 (व्यक्ति को) अधिकार देना या सौंपना [to ~ s.o. to do sth], 2 (काम की) मंजूरी या स्वीकृति देना [to ~ an act], 3 उचित ठहराना; ~**d** *a* अधिकृत, प्राधिकृत

authorship *n* 1 लेखक का व्यवसाय, लेखकवृत्ति, 2 (ग्रन्थ का) लेखक होना, लेखकत्व, कर्तृत्व [The ~ of the book is in dispute], 3 (आन्दोलन आदि का) प्रवर्तकत्व

auto ऑटो *n* (*colloq*) मोटरकार

autobiographer *n* आत्मकथा लिखने वाला, आत्मकथाकार; **autobiography** ऑटोबाइऑ॑ग्रफ़ि *n*

आत्मकथा

autocar *n* (*arch*) मोटरगाड़ी

autochthon ऑटॉॅथन *n* आदिवासी, मूलनिवासी;

autochthonous ऑटॉॅथनस *a* 1 आदिवासियों का, 2 स्थानिक, स्थानीय, देसी, वहीं का

autoclave ऑट-क्लेव *n* भाप के द्वारा वि० डाक्टरी औज़ारों को जीवाणुरहित करने का पात्र

autocracy ऑ-टॉॅक्रसि *n* 1 एक व्यक्ति का निरंकुश शासन, एकतन्त्र, तानाशाही, 2 आधिपत्य, दबदबा, रोब-दाब

autocrat ऑट-क्रैट *n* निरंकुश शासक, तानाशाह

autocratic ऑट-क्रैटिक *a* 1 एकतन्त्रीय, तानाशाही [~ govt.], 2 धौंस जमाने वाला [~ person], धौंस जमाने का [~ behaviour]

autogamy ऑटॉॅगमि *n* (पुष्प का) स्वपरागण, (जीवाणुओं का) स्वयुग्मन

autogenous ऑ-टॉॅजिनस *a* अपने आप होने वाला; ~ **welding** बिना अन्य पदार्थ या मसाला प्रयुक्त किये धातु के टुकड़ों को जोड़ना, स्वतः संधान

autograph ऑट-ग्राफ़ *n* & *vt* 1 ग्रन्थकार के अपने हाथ से लिखी पांडुलिपि, 2 स्वहस्तलिखित प्रति, 3 व्यक्ति की अपनी लिखावट, हस्ताक्षर; *vt* 1 अपने हाथ से लिखना, 2 हस्ताक्षर करना

autography ऑ-टॉॅग्रफ़ि *n* अपने हाथ से लिखना, स्वहस्तलेखन

autolysis ऑ-टॉॅलिसिस *n* शरीर के कोशाणुओं का उनके अपने किण्व द्वारा नष्ट होना, स्वविलय

automatic ऑट-मैटिक *a* 1 अपने आप चलने वाला या काम करने वाला, स्वचालित [an ~ device], 2 (of firearm) जिसमें एक बार घोड़ा दबाने से गोलियां एक के बाद एक निकलती रहती हैं और भरी जाती रहती हैं, स्वचालित; ~ **pilot** यन्त्र जिसके द्वारा विमान या जहाज़ निर्दिष्ट पथ पर अपने-आप चलता रहता है, यन्त्रचालक, 3 यन्त्रवत् (काम करने वाला), 4 अपने आप हो जाने वाला, अनिवार्य [He incurs ~ disqualification], 5 *psych* अचेतन, बिना सोचे समझे (किया हुआ), अनजाने (किया हुआ); ~**ally** *adv* 1 अपने आप, 2 यन्त्रवत्

automation ऑटमेशन *n* (औद्योगिक उत्पादन में) स्वचालित यन्त्रों का अधिकाधिक प्रयोग (जिससे दिमाग़ या हाथों से न्यूनतम काम करना पड़े), यन्त्र-स्वचलन

automatism ऑटॉॅ-मटिज़्म *n* 1 *physiol* संकल्प-रहित चेष्टा; स्वचलता. 2 बिना विचारे की जाने वाली नित्यचर्या, 3 *psych* अचेतन (अवस्था में की जाने वाली) चेष्टा (*e.g.* sleepwalking)

automatize *vt* 1 स्वचालित बनाना, 2 स्वचालित यन्त्रों का प्रयोग करना

automaton ऑटॉॅमटन *n* (*pl* **automata** or **automatons**) 1 स्वचालित यन्त्र, 2 बुद्धि के प्रयोग या संकल्प के बिना काम करने वाला मनुष्य, यन्त्रमानव

automobile ऑट-मबील *n* मोटरकार

autonomous ऑटॉॅन-मस *a* 1 स्वशासित, स्वशासी, स्वायत्त (शासन वाला), खुदमुख़्तार, 2 स्वतन्त्र, स्वाधीन

autonomy ऑटॉॅन-मि *n* 1 स्वशासन, स्वायत्त शासन, स्वायत्तता; स्वशासन-अधिकार, 2 स्वशासित देश या राज्य, 3 व्यक्तिगत स्वतन्त्रता [The ~ of the individual]

autopsy ऑटोप्सि *n* 1 किसी चीज़ की स्वयं परीक्षा करना, स्वयंपरीक्षण, 2 (मृत्यु का कारण जानने के लिए) शवपरीक्षा. 3 *fig* आलोचनात्मक विश्लेषण

auto-suggestion *n* व्यक्ति को अपने भीतर से सुझाव मिलना, आत्मसुझाव

autumn ऑटम *n* 1 पतझड़, शरत्; उत्तरी गोलार्द्ध में अगस्त से नवम्बर तक का मौसम; दक्षिणी गोलार्द्ध में मार्च से जून तक का मौसम, 2 *fig* परिपक्वता का समय अथवा ह्रास के आरंभ का समय, 3 ~ crop खरीफ़

autumnal ऑटम्नल *a* 1 शरत्कालीन, शारदीय, 2 ~ **equinox** शरद् विषुव (*i.e.* २२ या २३ सितम्बर जब सूर्य दक्षिण जाते हुए भूमध्यरेखा पार करता है), 3 परिपक्वता के बाद जिसका ह्रास शुरू हो गया हो; (of person) अधेड़ उम्र का

auxiliary ऑग्-ज़िल्यरि *a* & *n* 1 सहायक, सहकारी; ~ **troops**=**auxiliaries** किसी देश की सेना में काम करने वाले विदेशी या मित्रराष्ट्रों के सैनिक, सहायक सेना, 2 गौण, 3 अतिरिक्त [an ~ engine], 4 *gram:* ~ *verb* विभिन्न कालों आदि में मुख्य क्रिया के साथ लगने वाली क्रिया, सहायक क्रिया, *e.g.*, be (is, are, etc), can, do, have (has, had), shall, will, etc; *n* सहायक, 2 (संस्था आदि की) उपशाखा

avail¹ अवेल *vt* & *i* 1 लाभदायक होना, उपयोगी होना, काम का होना, काम आना [All my entreaties ~ed me little], 2 **to ~ oneself of** sth को काम में लाना, से काम लेना, से लाभ उठाना [I ~ed myself of the opportunity], 3 *vi* = 1 above

avail² *n* लाभ, फ़ायदा, उपयोगिता; (usu in *neg* or *interrog*) : **to no avail, without avail** व्यर्थ, बेकार; **of** what avail ? क्या लाभ हुआ ?

availability, availableness *nn* सुलभ होना, सुलभता, उपलब्ध होना, उपलब्धता

available *a* 1 सुलभ, उपलभ्य, 2 प्राप्त, उपलब्ध, 3 जिसे काम में लाया जा सके, काम का

avalanche ऐव-लांश *n* 1 पहाड़ पर से तेज़ी से सरकता हुआ बर्फ़ और पत्थरों का समूह; पहाड़ से टूट कर गिरने वाला हिमसमूह, हिमधाव, 2 *fig* किसी अनिष्ट का एकाएक आना, बौछार [an ~ of misfortunes]

avant-garde F आवाँ-गार्द *n* (सुधारकों, आविष्कारकों आदि का) अग्रिम दल (=vanguard)

avarice ऐवरिस *n* 1 लोभ, लालच; धनलोलुपता, 2 प्राप्त करने या संचय करने की तीव्र इच्छा, लिप्सा, लोलुपता

avaricious ऐव-रिशस *a* लोभी, लालची, लोलुप

avast *int* (*naut*) रे.को! ठहरो! बस करो!

avaunt अवॉन्ट *int* (*arch*) जाओ! दूर हटो!

avenge अवें न्ज *vt* 1 बदला लेना, प्रतिशोध लेना, (in *pass*) **to ~ oneself, to be avenged, on s.o.** किसी से बदला लेना, 2 to ~ one's brother अपने भाई का बदला लेना, 3 to ~ an insult अपमान का बदला लेना

avenue ऐवि-न्यू *n* 1 बड़ी सड़क, चौड़ा मार्ग, वीथि, 2 मार्ग जिसकी दोनों ओर नियत दूरी पर पेड़ लगाये गये हों, वृक्षवीथि, 3 *fig* (प्राप्ति का) साधन, (सफलता का) उपाय, तरीका, ढंग, रास्ता, [~s of employment, escape, etc]

aver अ-वर *vt* (-rr-) दृढ़तापूर्वक कहना, अभिकथन करना, दावे से कहना, दावा करना

average^{1} ऐवरिज *n* 1 औसत दर या मात्रा या कोटि, सामान्य दर, 2 औसत, **on the, an, average** औसत से, औसतन [on the, average, they work six hours a day], 3 *math* माध्य,औसत, to take an ~ of results परिणामों का औसत निकालना **batting ~** बल्लेबाज द्वारा सब पारियों **(innings)** में किये गये रनों का औसत, बल्लेबाजी का औसत; **bowling ~** गेंदबाज द्वारा आउट किये गये खिलाड़ियों को दिये गये रनों का औसत, गेंदबाजी का औसत, 4 बीमाकृत जहाज या माल की क्षति की मात्रा

average^{2} *a* औसत (दर्जे का), सामान्य (कोटि का), 2 सामान्य, साधारण, माध्य

average^{3} *vt* 1 औसत निकालना, मध्यमान या माध्य निकालना, 2 औसत से इतनी मात्रा का होना, औसत होना, 3 औसत से इतना (काम आदि) करना [They ~ six hours' work a day]

averment अ-वर्में न्ट 1 दृढ़ कथन, अभिकथन दावा, 2 *law* ऐसा कथन जिस में उसे प्रमाणित करने का प्रस्ताव भी हो, प्रकथन

averse अ-वर्स *a* 1 विमुख, पराङ्मुख [Siddhartha was ~ **to, from,** worldly pleasures], 2 अनिच्छुक [I am not ~ **to** hard work], 3 प्रतिकूल, विरुद्ध, खिलाफ़

averseness *n* 1 विमुखता, पराङ्मुखता [~ **to, from,** sth], घृणा, 2 अनिच्छा

aversion *n* 1 घृणा, नफ़रत [**to feel an ~ to, for,** s.o.], नापसंदगी [to feel, have, an ~ **to** doing sth], 3 घृणा का पात्र या विषय, घृणास्पद व्यक्ति या वस्तु [my pet ~]

avert अ-वर्ट *vt* 1 टालना, रोकना, बचा जाना, न आने देना, न होने देना, निवारण करना [to ~ the crisis, danger, etc], 2 फेरना, हटाना [to ~ one's eyes, thoughts, from sth]

avertible, -table *aa* 1 जिसे हटाया या रोका या टाला जा सके, परिहार्य, निवार्य

aviary एवियरि *n* पक्षी रखने का बड़ा पिंजरा या घेरा या घर, दरबा

aviate एवियेट *vi & t* 1 विमान में उड़ना, 2 *vt* (विमान) चलाना

aviation एवि-एशन *n* 1 विमान या हैलिकाप्टर आदि चलाने की विद्या, विमानचालन, हवाबाज़ी, वैमानिकी, 2 विमाननिर्माण, 3 ~ spirit विमान में काम आने वाला पैट्रोल , वैमानिक पैट्रोल

aviator *n* 1 विमानचालक, हवाबाज़

avid ऐविड *a* 1 उत्सुक, इच्छुक; अभिलाषी [~ **of, for**], 2 लोभी, लालची, लोलुप, 3 शौकीन [~ cinema-goer]

avidity अ-विडिटि *n* 1 उत्कट इच्छा, अभिलाषा, उत्सुकता; लोलुपता [~ for]

avifauna एवि-फ़ॉना *n* (देश या प्रदेश के) पक्षी

avocation ऐव-केशन *n* 1 उपव्यवसाय, शुगल, 2 *colloq* व्यवसाय, पेशा

avoid अवॉइड *vt* 1 (किसी से) दूर रहना, बचना, कतराना [to ~ s.o.]; (वस्तु या कार्य से) परहेज़ करना, टाल जाना [to ~ doing sth], 2 **to ~ notice** आंख बचाना, 3 *law* (दलील को) काट देना, (सज़ा को) मंसूख करना, रद्द करना; **~able** *a* जिससे बचा जा सके, जिसे टाला जा सके, परिहार्य, निवार्य

avoidance *n* परिहार, परिवर्जन, बचाव, बचना [~ of a scandal]

avoirdupois ऐवर्-डयुपॉइज़ *n & a* 1 (आउंस-पाउंड पर आधारित) ब्रिटेन की तौल-प्रणाली, 2 भार, वज़न; *a* ब्रिटिश तौल-प्रणाली का [~ pound]

avow अवाउ *vt* मानना, स्वीकार करना, प्रकट रूप से कहना, साफ़ कहना, 2 (in *refl & pass*) He ~ed himself the author उसने स्वीकार किया कि वह (ग्रन्थ का) लेखक है; He is the ~ed author वह अपने आप को ग्रन्थकर्ता मानता या बताता है

avowal अवाउ-अल *n* स्वीकारोक्ति, अंगीकार, प्रकट कथन, घोषणा

avowed *a* 1 अपने आप को (ऐसा) बताने वाला [the ~ author, enemy, etc], 2 प्रकट, घोषित [the ~ aim, objective, etc]; ~ly *adv* स्वीकृत रूप से, प्रकट या घोषित रूप से

avulsion अवल्शन *n* 1 काट कर अलग करना या होना, पृथक्करण, 2 *law* (बाढ़ आदि के कारण) किसी की धरती का दूसरे की धरती में मिल जाना, कटाव

await अवेट *vt* 1 प्रतीक्षा या इन्तज़ार करना, प्रतीक्षा या इन्तज़ार में रहना [I am ~ing your orders], 2 (of thing) बदा होना, आगे आने वाला होना [A surprise ~s you]

awake^{1} अवेक *vt & i* (awoke; awoken *or* awaked) 1 जगाना, जागृत करना; *fig* खबरदार या सावधान या सचेत करना, 2 *vi* जागना; *fig* सावधान या सचेत या होशियार होना, 3 **to awake to** (किसी स्थिति या अवस्था का) पता लगना, ज्ञान होना [to ~ to the danger, to the realities of life]

awake^2 *a* 1 जागा हुआ [to lie, keep, ~]; wide ~ अच्छी तरह जागा हुआ, *fig* खूब समझने वाला, होशियार, 2 **awake to** जानने वाला, समझने वाला [He is ~ **to** the danger etc], 3 जागरूक, सतर्क, सचेत, होशियार

awaken *vt & i* = awake *vt & i*; *fig* to awaken s.o. **to** a sense of danger etc ख़तरे से अवगत कराना

awakening *n* 1 जागृति [political, religious, ~], जगाना, उद्बोधन, 2 पता लगना, ज्ञान होना, आँखें खुलना [a rude ~ to the disagreeable facts]

award^1 अवॉर्ड *vt* 1 (रक़म की) अदायगी का आदेश देना, 2 (पुरस्कार, उपाधि) देना [to ~ a prize, title], जुर्माना करना, दण्ड देना, to ~ seven years सात साल की क़ैद की सज़ा सुनाना, 4 प्रदान करना, देना

award^2 *n* 1 पंच या मध्यस्थ का फ़ैसला, पंचफ़ैसला, पंचाट [to make an ~], 2 दण्ड, जुर्माना, 3 पुरस्कार, इनाम, उपाधि [New Year awards]

aware अवे˝अर *pred a* 1 जो जानता हो, जिसे पता हो, अभिज्ञ [**to be, become,** ~ **of** sth, **to be** ~ **that. . .**], अवगत [to make s.o. ~], 2 पता या जानकारी रखने वाला, समझने वाला, जागरूक, होशियार [They are politically ~]

awareness *n* 1 जानकार होना, अभिज्ञता, 2 जागरूकता [political ~]

awash अवॉ˝श *pred a* 1 जिसमें बाढ़ आई हुई हो; आप्लावित [The street is ~] 2 लहरों में बहता हुआ

away *adv* 1 (काल की दृष्टि से) दूर, **Diwali is a month** ~ दीवाली में एक महीना रहता है, 2 दूरी पर, दूर, परे [Fifty yards ~ from here], 3 (घर के) बाहर, अनुपस्थित [He is ~], 4 लगातार, निरन्तर [He is laughing, working, ~], 5 ~ **with** हटाओ, छोड़ो [~ with fear!]; **far and** ~ अत्यन्त, निहायत, कहीं (अधिक)

awe^1 ऑ *n* 1 आदर तथा विस्मय और भय की मिश्रित भावना, रोब, दबदबा, धाक, आतंक, 2 **to strike s.o. with** ~ किसी को विस्मय और भय से अभिभूत करना; **to stand in** ~ **of s.o.** किसी को श्रद्धा और विस्मय की दृष्टि से देखना; किसी के रोब में आ जाना, किसी से आतंकित होना, 3 ~**-stricken;** ~**-struck** विस्मय और भय से अभिभूत, आतंकित

awe^2 *vt* विस्मय और भय से अभिभूत करना, आतंकित करना, रोब जमाना

awesome *a* विस्मय और भय पैदा करने वाला [~ sight], रोबदार [~ personality]

awful *a* 1 श्रद्धेय, भव्य, शानदार, 2 भयंकर, 3 *colloq* बुरा, ख़राब [~ writing, weather, etc]

awfully *adv* (*colloq*) अत्यन्त, बहुत, अधिक [I am ~ sorry]; Thanks ~ ! बहुत-बहुत धन्यवाद!

awhile अवाइल *adv* थोड़ी देर (तक), क्षण भर (के लिए) [Wait ~]

awkward **ऑक्वर्ड** *a* 1 (of thing) जो काम के उपयुक्त न हो, टेढ़ा-मेढ़ा, बेडौल, बेढब [~ tool], 2 (of person) जो काम न जानता हो, काम बिगाड़ने वाला, अनाड़ी, फूहड़, 3 परेशान करने वाला, जिससे निपटना कठिन हो, टेढ़ा [~ customer]; टेढ़ा, कठिन [~ **question**]; विकट [~ **situation**], 4 परेशान, उलझन में पड़ा हुआ, किंकर्तव्यविमूढ़ [I felt very ~ about it]

awl ऑल *n* (वि० मोची का) छिद्र करने का औज़ार, सूआ, आर

awning ऑनिंग *n* 1 खिड़की या दरवाज़े के आगे तिरपाल आदि की छाजन, सायबान, 2 (जहाज़ के डेक पर तानी गई) तिरपाल की छत, चंदोवा, चांदनी

awry अराइ *a & adv* टेढ़ा, तिरछा; उल्टा, विपरीत; गड़बड़; *adv* **to look** ~ (i) कनखियों से देखना; (ii) शङ्का की दृष्टि से देखना; **to go** ~ ग़लत हो जाना, गड़बड़ हो जाना [All his plans went ~]

axe ऐक्स *n & vt* 1 कुल्हाड़ा, कुल्हाड़ी; **to have an** ~ **to grind** स्वार्थ साधना, अपना मतलब निकालना, अपना उल्लू सीधा करना, 2 खर्च में भारी कटौती, 3 कर्मचारियों की छंटनी; *vt* खर्च में भारी कटौती करना; कर्मचारियों की छंटनी करना, 4 (कर्मचारी को) हटा या निकाल देना

axial ऐक्सियल *a* 1 धुरी का, अक्षीय, 2 धुरी के इर्द-गिर्द [~ rotation]

axilla ऐक्सिलः *n* बग़ल, कांख

axiology ऐक्सियॉ˝ल-जि *n* (*philos*) मूल्यमीमांसा (धर्म आदि की)

axiom ऐक्सियम *n* 1 स्वतः प्रमाण सत्य, स्वयंसिद्ध (तथ्य); *geom* स्वयंसिद्ध, 2 सर्वसम्मत सिद्धान्त, सिद्धान्तसूत्र, सूत्र

axiomatic ऐक्सियमैटिक *a* 1 स्वतः प्रमाण, स्वयंसिद्ध, 2 जिसमें सर्वसम्मत सिद्धान्त या सूक्तियां दी गई हों

axis^1 ऐक्सिस *n* (*pl* axes ऐक्सीज़) 1 किसी पिंड के बीचों बीच की काल्पनिक रेखा जिस पर वह पिंड घूमता या घूम सकता है, धुरी, धुरा, अक्ष, 2 सममित आकृति या पिंड को दो समान भागों में विभाजित करने वाली रेखा, 3 (*polit* etc) दो या अधिक देशों का गठबंधन जिसमें समान नीति वाले अन्य देश

भी शामिल हो सकते हैं, धुरी; **the Axis** (*hist*) जर्मनी, इटली और जापान का गठबंधन

axis^2 *n* **1** सफ़ेद धब्बों वाला कपिशवर्ण हिरन, **2 axis axis** भारत और श्रीलंका का ऐसा हिरन, चीतल

axle ऐक्सल *n* **1** कीली या डंडा जिसके इर्द-गिर्द पहिया घूमता है, धुरा, धुरी, अक्ष, **2** (orig. axle-tree) गाड़ी के दो पहियों को जोड़ने वाला डंडा, धुरा, धुरी, अक्ष (-दंड)

ay, aye आइ *adv* & *n* **1** हां, **2** *n* प्रस्ताव के पक्ष में दिया गया वोट, हां, प्रस्ताव के पक्ष में वोट देने वाला, हां वाला; समर्थक; **the ayes have it** प्रस्ताव के समर्थक या हां-वाले अधिक हैं; प्रस्ताव पास हो गया है

azimuth ऐज़िमथ *n* **1** आकाशीय वृत्त का वह भाग जो आकाशमध्य से लेकर क्षितिज तक हो, आकाशीय चाप, **2** क्षितिजवृत्त का अंश, क्षितिजचाप, दिगंश

azoic अज़ोइक *a* **1** जिसमें किसी जीव या प्राणी के निशान या अवशेष न मिलें, जीवरहित, **2** *geol* जीवों की उत्पत्ति से पहले का, प्राग्जैव

azure ऐज़र, ऐज़्यर *n* & *a* **1** आकाश-का सा नीला रंग, आसमानी रंग, **2** मेघशून्य या निर्मल आकाश, *a* **1** आसमानी (रंग का), **2** मेघशून्य, निर्मल, **3** *fig* शान्त, सौम्य

azygous ऐज़िगस *a* (*anat*) जिसका जोड़ा या युग्म नहीं होता, अयुग्म

Bb

B, b बी, अंग्रेज़ी वर्णमाला का दूसरा वर्ण; *abbr* **B.A.** (Bachelor of Arts) बी०ए०, **B.C.** (Before Christ) ईसा पूर्व; **B.C.G. vaccine** क्षय रोग (से बचने) का टीका; **B.P.** (boiling-point) क्वथनाङ्क; (blood-pressure) रक्त चाप

baa बा *n* & *vi* (baaed, *or* baa'd) (वि० भेड़ की) आवाज़; *vi* मिमियाना

babble^1 बैबल *vi* & *t* **1** अस्पष्ट बोलना, तुतलाना, **2** बहुत बोलना, बकवास करना, बड़बड़ करना, बड़बड़ाना, **3** (of stream etc) कल-कल ध्वनि करना, **4** *vt* (रहस्य) खोल देना, (भेद) बता देना [to ~ (out) a secret]

babble^2 *n* **1** तुतलाहट, तुतलाना, **2** बेमतलब की बातें, बकझक, बकवाद, बकवास, **3** (नदी आदि की) कल-कल ध्वनि

babbler बैब्लर *n* **1** बकवासी, गप्पी, बक्की, बड़बड़िया, **2** रहस्य बता देने वाला

babe बेब *n* **1** छोटा बच्चा, शिशु, **2** भोला-भाला या सीधा-सादा आदमी, अनुभवहीन व्यक्ति

babel बेबल *n* **1** B~ एक प्राचीन नगर का नाम, **2 Tower of Babel** मीनार जो स्वर्ग तक पहुंचने के लिए बनाना शुरू किया गया था परन्तु बनाने वालों को एक-दूसरे की बोली समझ में न आने के कारण अधूरा छोड़ना पड़ा; अव्यावहारिक योजना, ख्याली पुलाव, **3** बेमतलब का शोर-गुल, हो-हल्ला, **4** कोलाहलपूर्ण स्थान या सभा जहां कोई दूसरे की बात न समझ सके [It was an absolute Babel]

baboon बबून *n* **1** अफ्रीका और अरब का बड़ा बन्दर, **2** कुरूप और अशिष्ट व्यक्ति

baby बेबि *n* **1** दूधपीता बच्चा, शिशु, **2 to carry, hold, the ~** अप्रिय ज़िम्मेवारी से लदा होना; **it's your ~** यह काम तुम्हारा है; यह तुम्हें ही करना होगा, **3** (परिवार या टीम का) सबसे छोटा सदस्य, **4** बच्चों की तरह व्यवहार करने वाला व्यक्ति, **5** *comb:* **~-sitter** (माँ-बाप की अनुपस्थिति में) बच्चे की देख-भाल करने वाला, शिशुपरिचर; **~-walker** बच्चे को चलना सिखाने का उपकरण, रेढ़ा, बेबीवाकर; **~hood** *n* बचपन, शैशव

baccalaureate बैक-लॉरिएट *n* स्नातक की उपाधि

Bacchanal बैक-नल *a* & *n* **1** बैकस (Bacchus) या उसकी लीलाओं से संबंधित, **2** ऊधमी, उच्छृंखल; *n* **1** बैकस का उपासक या भक्त, **2** उच्छृंखल शराबी, **3** उछृंखलतापूर्ण मद्यपानोत्सव, रंगरलियां

Bacchanalia *n* **1** बैकस (see foll) देवता का उत्सव, **2** =prec *n* 3

Bacchus बैकस *n* (Gk & Rom *myth*) मद्य का देवता

bachelor बैच-लर *n* **1** अविवाहित पुरुष, कुंआरा, कुंवारा, **2** स्नातक, स्नातिका [Bachelor of Arts], **3 ~ girl** अविवाहित और आत्मनिर्भर स्त्री

bacillary ब-सिलरि *a* दण्डाणुओं का; दण्डाणुओं से पैदा होने वाला, दण्डाणुज **(see foll)**

bacillus ब-सिलस *n* लंबी आकृति वाले रोगजनक कीटाणु, दण्डाणु

back^1 बैक *n* **1** पीठ, पृष्ठ; *idioms:* **to be at the ~ of s.o.** किसी की पीठ पर या मदद पर होना; **to do sth behind one's ~** किसी से छिपा कर या किसी की अनुपस्थिति में या किसी के पीठ पीछे कोई काम करना; **to turn one's ~ upon s.o.** का साथ छोड़ देना; **with one's ~ to the wall** विवश होकर, लाचार होकर, तंग आकर; **to get, put, s.o.'s ~ up** किसी को गुस्सा दिलाना या ढीठ बना देना; **~ to ~** पीठें जुड़ी हुई होना, **2** रीढ़ की हड्डी, **to break one's ~** रीढ़ की हड्डी तोड़ना,

कमर तोड़ना ; **to put one's ∼ into** sth कोई काम करने में पूरा ज़ोर लगा देना, 3 पीछे का भाग, पिछाड़ी [Move to the ∼ of the bus], the ∼ of the house पिछवाड़ा, 4 अदृश्य भाग, तह, **to be at the ∼ of** sth के पीछे छिपा होना, की तह में होना; the idea at the ∼ of one's mind मन की गहराई में विद्यमान बात (जो स्पष्ट याद न आ रही हो), 5 पृष्ठ भाग, उल्टी तरफ़ [∼ of knife, cloth, etc], 6 (sports) मैदान में पीछे खड़ा होने वाला खिलाड़ी, पश्च खिलाड़ी; मैदान की पिछाड़ी; **full-∼** पूर्णपश्च, **half-∼** अर्धपश्च, 7 *comb:* **∼bone** रीढ़ की हड्डी, मेरुदण्ड, *fig* बल, चारित्र्यबल, साहस, हिम्मत; अवलम्ब, मुख्य आधार; **to the ∼bone** पूरा, पक्का, कट्टर [He is a nationalist to the ∼bone]; **∼boned** रीढ़वाला; *fig* साहसी, हिम्मती; **∼-breaking** कमर तोड़ने वाला, कमरतोड़, बड़ी मेहनत का

back^2 *a* 1 पीछे का, पिछला, पश्च [∼ street, wheel], 2 अतीत का, पहले का, पिछला [∼ files, pay, etc], 3 पीछे की ओर जाने वाला, उल्टा, प्रतीप [∼ flow], 4 *comb:* **∼-bench** (संसद् आदि में) पीछे की बेंच, **∼cloth** रंगमंच के पिछले सिरे पर लटकने वाला पर्दा, पश्चयवनिका; **∼ door** पिछला दरवाजा, चोर दरवाज़ा. *fig* अनुचित एवं गुप्त तरीका या साधन [to get into a profession through the ∼ door], **∼drop** = **∼cloth**; पृष्ठ भूमि, **∼ground** (i) चित्र, दृश्य आदि की पृष्ठभूमि; (ii) एकान्तवास, अलहदगी, किनाराकशी, अप्रसिद्धि, गुमनामी [He wants to remain in the ∼ground]; (iii) व्यक्ति की शिक्षा, अनुभव, ज्ञान आदि (जिसके आधार पर वह समस्याओं आदि को समझ सकता है) ; **∼log** पिछला बचा हुआ काम, बकाया काम; *commerce* न भुगताये हुए आर्डरों का ढेर ; **∼ number** पत्र-पत्रिका का पुराना अङ्क; (slang) पुराने ढर्रे का आदमी, पुराणापन्थी ; **∼ seat** *fig* कम महत्त्व का स्थान या पद [to take a ∼ seat]; **∼stairs** *n* पिछवाड़े की सीढ़ियां; **∼stair(s)** *a* बेईमानी का, चालाकी का ; **∼water** नदी की धारा के दायें-बायें का रुका हुआ पानी, *fig* वह स्थान या स्थिति जिस में दिमागी काम या प्रगति न हो सके; बौद्धिक निष्क्रियता; **∼yard** पीछे का आंगन, पिछवाड़ा; *fig* स्थान जहां पहुँचना आसान हो

back^3 *vt* & *i* 1 सहारा देना, टेक देना, थामना [to ∼ (up) s.o., sth], 2 (दलील से) अनुमोदन करना, समर्थन करना; (धन या निजी प्रभाव से) सहायता करना [to ∼ a candidate), 3 पर दाँव लगाना [to ∼ a horse in the race], 4 to ∼ a car, horse, etc पीछे करना या हटाना, 5 *vi* पीछे जाना या हटना, 6 (of wind) वामावर्त होना (cf. veer), 7 (with *prep*) **to ∼ down** दलील या मत या दावा त्यागना, गलती मानना; **to ∼ out (of);** *fig* पीछे हटना, बात या वादे से फिरना, मुकरना [He promised to help me, but has now backed out]; **to ∼ up** सहारा देना, मदद करना

back^4 *adv* 1 पीछे, पीछे की ओर [Step ∼]; **back and forth** इधर से उधर, उधर से इधर, आगे-पीछे, 2 अतीत की ओर, पहले [some years ∼; **way ∼ in 1940**], 3 पहली अवस्था में; वापस [to go, come, walk, ∼; to call ∼]; to pay ∼ वापस करना, लौटाना; He is ∼ (home) वह घर लौट आया है, 4 विपरीत दिशा में, उल्टा; **to go ∼ on one's word** वादे से फिरना, मुकर जाना, 5 बदले में, पलटे में, पलट कर [to hit ∼], **to answer ∼** करारा जवाब देना, प्रत्युत्तर देना

backbite *vt* पीठ पीछे निन्दा करना, चुगलख़ोरी करना; **∼r** *n* परोक्षनिन्दक, चुगलख़ोर; **backbiting** *n* परोक्षनिन्दा, चुगली, चुगलख़ोरी

backdate *vt* पिछली तारीख डालना ; पिछली तारीख से लागू मानना

backfire *n* & *vi* (मोटर गाड़ी के इंजन में) समय से पहले होने वाला धमाका या विस्फोट; *vi* (of plan) उल्टा फल निकलना

backformation *n* 1 विद्यमान शब्द से ऐसा नया शब्द बनाना जिससे विद्यमान शब्द बना माना जा सकता हो (*e.g.* laze *vi* from lazy *a*; typewrite *vi* from typewriter *n*), 2 इस प्रकार बनाया गया शब्द, पश्चरचना

backgammon बैक्-गैमन *n* 1 एक प्रकार की चौपड़ या चौसर, 2 इस खेल में पूर्ण या अद्भुत विजय

backing *n* 1 समर्थन, सहारा, सहायता, 2 समर्थन करने वाले, समर्थक, साथ देने वाले, साथी, सहायक

backlash *n* (*fig*) तीव्र प्रतिक्रिया

backslide *vi* फिर बिगड़ जाना, फिर पाप करने लगना

backward *a* 1 पीछे जाने वाला, उल्टा, प्रतीप, 2 सुस्त, पिछड़ा, फिसड्डी, मन्दबुद्धि [∼ student], 3 झेंपू, शर्मीला, 4 **∼ classes** पिछड़ी जातियां, पिछड़े वर्ग

backwardation बैक्-वर्डेशन *n* शेयरविक्रेता द्वारा खरीदार के नाम शेयर करने में विलम्ब के कारण दी जाने वाली छूट या रियायत, मंदी बदला

backwardness *n* 1 उल्टापन, प्रतीपता, 2 पिछड़ापन, (of student etc) मन्दबुद्धिता, बुद्धिमांद्य, 3 संकोच, संकोची स्वभाव, हिचक

backward(s) *adv* 1 पीछे, पीछे की ओर, उल्टे पांव; **backwards and forwards** इधर से उधर, उधर से इधर, 2 उल्टे ढंग से, 3 अवनति की ओर, पहले से खराब हालत में, 4 वर्तमान से अतीत की ओर, विपरीत क्रम से [to reckon ∼ to a date]

backwash *n* 1 पीछे हटती हुई लहरें, 2 प्रतिक्रिया

bacon बेकन *n* 1 सूअर की पीठ और सीने का नमक-लगा सुरक्षित मांस, 2 to save one's ∼ चोट

या मृत्यु से बच जाना

bacterial बैक्टॉरियल *a* जीवाणु का, जीवाणु-

bacteriological बैक्टीरिअ-लों जिकल *a* 1 जीवाणु-विज्ञानसंबंधी, 2 ~ **warfare** शत्रुदल में रोग फैलाने के लिए जीवाणुओं का प्रयोग, जीवाणुयुद्ध

bacteriology बैक्टीरि-ऑ लजि *n* जीवाणुविज्ञान

bacterium बैक्टीरियम *n* (*pl*-ia) सूक्ष्म जीव, जीवाणु

bad^{1} *a* (worse, worst) 1 बुरा, खराब, 2 घटिया, निकम्मा ; खोटा [~ coin), 3 गलत, अशुद्ध [~ English], 4 दुष्ट, नीच, 5 अवैध, 6 हानिकर [Sweets are bad for your teeth], 7 अस्वस्थ [She is bad, worse, today], 8 to go bad गल-सड़ जाना, दूषित होना, खराब होना, 9 (in *comb*) **bad blood** मनमुटाव, वैमनस्य, कटुता [There is bad blood between them] ; **bad debt** न वसूल होने वाला ऋण, डूबी हुई रकम; बट्टा खाता ; **with a bad grace** बेदिली से; **bad law** अवैध या अमान्य कानून; **bad in law** कानून में अमान्य, **bad news** अशुभ समाचार, बुरी खबर; **to make a bad shot** गलत अटकल या अनुमान लगाना; **to be in a bad way** बीमार होना; कष्ट या संकट में होना; **badly** *adv* (worse, worst) 1 बुरी तरह से, 2 बहुत अधिक; **to want sth badly** किसी वस्तु की सख्त जरूरत होना; **badness** *n* 1 ख़राबी, बुराई; नुक्स, दोष, 2 अवैधता, 3 दुष्टता

bad^{2} *n* दुर्भाग्य, आपत्ति, दुःख; **to take the ~ with the good** सुख के साथ दुःख भी सहर्ष सहना

badge बैज *n* 1 किसी सभा या संस्था के सदस्य या कर्मचारी का चिन्ह, निशान, बिल्ला, 2 गुण या अवस्था का चिन्ह, प्रतीक

badger बैजर *n* & *vt* 1 बिल में रहने वाला स्तनपायी जन्तु-विशेष, बिज्जू, 2 बिज्जू के बालों का बना बुर्श, 3 ~-baiting बिज्जू को बिल से निकालने के लिए कुत्ते छोड़ना; *vt* निरन्तर तंग या परेशान करना, बहुत आग्रह करना, पीछे पड़ना

badinage F बैडिनाश्ज़ *n* मज़ाक, दिल्लगी, परिहास

badminton बैडमिंटन *n* 1 बल्ले और काक की चिड़िया से खेला जाने वाला खेल, बैडमिन्टन, 2 (शराब, सोडे और चीनी का बना) पेय-विशेष

baffle बैफ़ल *vt* & *n* 1 (व्यक्ति, उसकी अक्ल को) चकरा देना, चक्कर में डालना, घबरा देना [to ~ s.o.], 2 (कोशिश, आशा को) विफल करना, व्यर्थ कर देना, 3 (जहाज़ को) आगे न बढ़ने देना, 4 (द्रव के मार्ग में) रुकावट डालना; *n* 1 अक्ल चकरा जाना, परेशानी, हैरानी, 2 धातु की पट्टी जो द्रव को निकलने से रोकती है या उसे धीरे-धीरे निकलने देती है, रोकपट्टी (also ~ plate); **~ment** *n* अक्ल चकरा जाना, परेशानी, किंकर्तव्यविमूढ़ता

bag^{1} बैग *n* 1 थैला, थैली, बोरा, बोरी, झोला, झोली, 2 बोरी आदि में भरी चीज, 3 (शिकारी द्वारा) पकड़े या मारे गये कुल पशु-पक्षी; 4 **bag of bones** बहुत दुबला-पतला व्यक्ति, हड्डियों का पिंजर, 5 ~ **and baggage** बोरिया-बिस्तर के साथ, अपना सारा सामान लेकर, पूरी तरह से [He is leaving ~ and baggage], 6 *comb:* **bagpipe(s)** मशकबाजा, मशकबीन

bag^{2} *vt* & *i* 1 थैले में डालना या भरना, 2 (शिकार) पकड़ना या मारना, 3 (इनाम) जीतना, 4 अधिकार में ले लेना, हस्तगत करना, 5 फुलाना, 6 *vi* (of garment etc) फूल जाना

bagasse बगैस *n* गन्ने या चुकन्दर से रस निकाल लेने के बाद बचा अंश, गन्ने या चुकन्दर की सीठी, खूद, खोई

bagatelle बैग-टे ल *n* तुच्छ या मामूली वस्तु, ज़रा-सी चीज़, तनिक मात्रा

baggage बैगिज *n* 1 (यात्रा का) सामान, बक्स तथा सूटकेस आदि, असबाब, 2 (सेना का) सुवाह्य साज-सामान

baggy बैगि *a* (of garment) ढीला-ढाला, फूला हुआ

bagnio बान्यो *n* 1 (प्राच्य देशों में) जेल, कारागार, 2 वेश्यालय, चकला

baguette बैगे ट *n* (*archit*) अर्द्धवृत्ताकार सजावटी हाशिया, **सजावटी पट्टी**

bail^{1} बेल *n* 1 ज़मानत, प्रतिभूति, **to forfeit, jump, one's ~** ज़मानत पर रिहा हो कर फ़रार हो जाना, 2 ज़मानत देने वाला व्यक्ति, ज़मानती, ज़ामिन, प्रतिभू; **to go ~ for** की ज़मानत देना; *fig* किसी बात के सच होने की ज़मानत देना या विश्वास दिलाना, 3 (माल) धरोहर रखना, 4 **bailsman** ज़मानती, ज़ामिन

bail^{2} *vt* 1 ज़मानत पर छोड़ना, मुचलका लेना, 2 ज़मानत पर छुड़वाना [to ~ s.o. (out)]

bail^{3} *n* (cricket) (विकिटों के ऊपर रखी जाने वाली) गुल्ली

bail^{4}, **bale** *vt* & *i* 1 बाल्टी द्वारा नाव से पानी उलीचना [to ~ a boat], 2 to ~ the water पानी उलीचना, 3 *vi* **to ~ out** संकट में विमान-चालक का विमान से निकल कर पैराशूट द्वारा उतरना

bailable *a* 1 जिस (अपराध) में ज़मानत ली जा सके, ज़मानत-योग्य [~ offence], 2 जिसे ज़मानत पर छोड़ा जा सके

bailee *n* धरोहर लेने वाला

bailey बेलि *n* किले की बाहरी दीवार, प्राचीर

bailiff बेलिफ़ *n* 1 सम्मन आदि अदालत के आदेश तामील कराने वाला तथा कुर्की करने वाला कर्मचारी, कुर्क-अमीन, 2 जमींदार का कारिन्दा

bait^{1} बट *n* 1 बंधे हुए जानवर को कुत्तों सेनोचवाना [to ~ a bull with dogs], 2 असहाय व्यक्ति को तानों या व्यंग्य से सताना, परेशान करना [to ~ s.o.], 3 (मछली पकड़ने के लिए) कांटे में

खाने की कोई चीज लगा देना, (शिकार को ललचाने के लिए) जाल में कोई खाद्य पदार्थ रख देना, चारा लगाना; *fig* ललचाना, फुसलाना

bait² *n* (मछली आदि शिकार को) ललचाने वाला खाद्य पदार्थ, चारा; *fig* प्रलोभन, लालच

baiting *n* सताना, परेशान करना

baize बेज़ *n* मेज़ के ऊपर लगाने का (प्रायः हरे रंग का) ऊनी कपड़ा, बनात

bake बेक *vt & i* 1 सेंकना, (रोटी) सेंकना, पकाना, तवे पर या तन्दूर में पकाना, 2 (ईंट) पकाना 3 (सूर्य का फलों को) पकाना, 4 (धूप का) त्वचा को भूरा या सांवला करना, 5 *vi* सिकना, भुनना, भुन जाना, पकना, 6 (त्वचा का) भूरा या सांवला पड़ जाना; **baked** *a* 1 सिका हुआ, पका हुआ ; 2 **half-baked** (*fig*) अधकचरा, अपरिपक्व [His ideas are half-~ed]

bakelite बेक-लाइट *n* रसायननिर्मित लचकदार पदार्थ, बेकेलाइट

baker बेकर *n* 1 नानबाई, डबलरोटी बनाने वाला, 2 **baker's dozen** तेरह; **bakery** बेकरि *n* नानबाई की दुकान, बेकरी

baking-powder *n* केक आदि बनाने का पाउडर (जिसमें खाने का सोडा आदि मिला रहता है); **baking-soda** (=sodium bicarbonate) खाने का सोडा

balance¹ बैलन्स *n* 1 तराजू, तुला, काँटा; *astron* तुला राशि, 2 भाग्य की अनिश्चितता, **to hang in the ~** अनिश्चित स्थिति में रहना (also see hang II, 4), 3 निर्णय करने का सामर्थ्य या शक्ति; **to hold the ~** दो विरोधियों में से किसी एक का साथ देकर उसे जिताने का सामर्थ्य रखना, दो दलों में से किसी एक के साथ मिल कर उसका पलड़ा भारी कर देना [The Liberals hold the ~ between the Labour and the Conservatives], 4 सन्तुलन ठीक करने वाली चीज, पासंग, 5 संतुलन, समतौल, 6 ~ **of power** राष्ट्रों की सैनिक शक्ति का लगभग बराबर होना (जिससे कोई एक बाकियों पर हावी न हो सके), शक्तिसंतुलन, 7 शारीरिक या मानसिक स्थिरता, **balance of mind** मानसिक सन्तुलन; **to lose one's ~** (i) लड़खड़ा जाना, गिर पड़ना, (ii) मानसिक संतुलन खोना, घबरा जाना, 8 (accountancy) आय-व्यय का अन्तर, **to strike a ~** आय-व्यय का अन्तर निकालना; **~-sheet** आय-व्यय का विवरण या चिट्ठा, पक्का चिट्ठा; ~ **of payments** (देश के) देने-पावने का अन्तर, ~ **of trade** आयात-निर्यात (के कुल मूल्य) का अन्तर ; व्यापारान्तर; ~ **in hand** लेनदारी वसूल करने और देनदारी अदा करने के बाद बची रकम; रोकड़-बाकी, 9 देय राशि से अधिक दे देने पर जो वापस लेना हो, शेष, बाकी [Give me the ~], 10 **on ~** सब बातें ध्यान में रखने पर

balance² *vt & i* 1 (प्रश्न या परिणाम पर) विचार करना, 2 (दो दलीलों आदि की) तुलना करना, मुकाबला करना, 3 (दो चीज़ों का) समभार करना, बराबर करना, सन्तुलित करना, 4 धड़ा करना, प्रतिसन्तुलित करना, 5 कमी पूरी करना, 6 स्थिर खड़ा करना [to ~ sth; to ~ oneself on one foot], 7 (accountancy) आय-व्यय का मिलान करना; आय-व्यय को बराबर करने के लिए आवश्यक इन्दराज करना; देनदारी अदा कर के हिसाब चुकता करना [to ~ an account], 8 *vi* हिचकना, 9 संतुलित होना, (of accounts) जमा-नाम बराबर होना

balanced *a* सन्तुलित, ~ diet जिसमें स्वास्थ्य के लिए आवश्यक सभी तत्त्व उचित मात्रा में हों, संतुलित आहार

balcony बैल्कनि *n* छज्जा, बारजा

bald बॉल्ड *a* 1 गंजा, चँदला, 2 (of bird) पंखरहित, (of tree) पत्ररहित, (of region) वृक्षरहित, 3 (of horse) सफ़ेद दाग वाला, वि० जिस के मुंह पर सफ़ेद दाग हों (~-faced), 4 रूखा, फीका, नीरस; संक्षिप्त, ~ **statement** विवरणरहित या संक्षिप्त कथन; ~ style नीरस या अलंकाररहित शैली, 5 (of bad qualities) जिस में छिपाव या दुराव न हो, प्रकट, स्पष्ट, साफ़ [a ~ lie]

balderdash बॉल्डर्-डैश *n* 1 अगड़म-बगड़म, निरर्थक शब्दजाल, 2 बकवास, बकबक

baldric बॉल्ड्रिक *n* तलवार या बिगुल लटकाने के लिए कंधे से कमर तक तिरछी पहनी जाने वाली पेटी, परतला

bale¹ बेल *n* (*arch & poet*) कष्ट, दुःख, मुसीबत, हानि, विनाश; ~**ful** *a* हानिकर, अनिष्ट, शुभ, घातक

bale² *n & vt & i* (माल की) गांठ, गट्ठा, गट्ठर, गड्डी, बोरा; *vt* गांठ बांधना या बनाना, गट्ठर बनाना; *vi* **to bale out**=to bail out (see bail, *vt & i* 3)

baleen बलीन *n*=whalebone

balefire *n* (literary) खुले मैदान में जलाई जाने वाली आग, होली, होलिका ; **चिता**

balk, baulk बॉक *n & vt & i* 1 हल चलाने से बनी गहरी लकीरों के बीच की उभरी हुई लकीर, मेंड़, डांड़, 2 रुकावट, बाधा, अड़चन, विघ्न, 3 शहतीर, कड़ी; *vt* 1 विषय, कर्त्तव्य आदि को टालना [to ~ a topic, an obligation], 2 (अवसर) खो देना, (अवसर से) चूकना [to ~ a chance], 3 बाधा डालना, पूरा न होने देना, विफल करना [to ~ s.o.'s plans], 4 वंचित करना [to ~ s.o. of his prey], 5 *vi* (of horse) अड़ जाना [The horse ~ed at the high hedge]

Balkan बॉल्कन *n & a* 1 **the Balkans** बाल्कन देश *i.e.* यूगोस्लाविया, अल्बानिया, बल्गारिया, रूमानिया, ग्रीस, आदि; *a* इन देशों (के लोगों) का

Balkanize बॉल्कनाइज़ *vt* किसी भूखंड को परस्पर द्वेष रखने वाले छोटे-छोटे देशों में विभाजित करना

ball^1 बॉल *n* **1** (हाकी, क्रिकेट आदि की) गेंद, *idioms:* **to keep the ~ rolling** वार्तालाप जारी रखना, इसके लिए अपनी-अपनी बारी पर बोलना; **the ~ is with you** अब आप की बारी है; **the ~ is in your court** अब कार्यवाही करने की बारी आपकी है; **to have the ~ at one's feet** अपने को मौका या अवसर मिलना, **2** (सूत, ऊन, बर्फ़, मिट्टी आदि किसी चीज़ का) गोला,पिंड, गोली, **3** eye-ball आँख का डेला, **4** (तोप आदि का) गोला, **5** (in *pl*, *vulg*) अण्डकोष; *fig* बकवास, **6** *comb:* **ball-bearing** छोटी-छोटी गोलियों के प्रयोग से यन्त्र के दो पुर्ज़ों की परस्पर रगड़ कम करने का उपकरण; ऐसी गोलियां; बालबेयरिंग; **ball cock** खोखले गोले और वाल्व का बना उपकरण जो टंकी में पानी का स्तर ठीक रखता है; टंकी-गोला; **ball-pen, ball-point, ball-point pen** एक प्रकार का अंग्रेजी कलम

ball^2 *n* **1** बहुत से स्त्री-पुरुषों का एक स्थान पर नृत्य; नृत्य के लिए एकत्र स्त्री-पुरुष; **to give a ball** अपने यहां नृत्य का आयोजन करना, **2 ~-room** नृत्यशाला

ball^3 *vt & i* गोला या पिंड बनाना या बनना

ballad बैलड *n* **1** भावुक या शृंगारिक या कथात्मक गीत, **2** लोक कथा पर आधारित गीत

ballade बैलाड *n* गाथागीत

ballast बैलस्ट *n* **1** जहाज़ को स्थिर करने के लिए उसमें रखा जाने वाला भार, स्थिरक भार, नीरम, **in ballast** (जहाज़) जिसमें केवल स्थिरक भार हो और सब माल-सामान निकाल लिया गया हो, **2** स्वभाव को स्थिर बनाने वाली बातें (अर्थात् व्यक्ति के अपने अनुभव, सिद्धान्त आदि), **3** (रेल की पटरी के नीचे या सड़क बनाने के लिए बिछाई जाने वाली) पक्की रोड़ी, पत्थर की रोड़ी, **गिट्टी**

ballerina बैल-रीनः *n* (बैले करने वाली) नर्तकी

ballet बैले *n* **1** संगीत नृत्य नाटक, बैले, **2** बैले करने वाला दल

ballista बलिस्टा *n* पत्थर फेंकने का प्राचीन सैनिक यन्त्र, अश्मप्रक्षेपयन्त्र

ballistic बलिस्टिक *a* **1** प्रक्षेपास्त्रसंबंधी, **2** एक बार यन्त्र द्वारा छोड़े जाने के बाद केवल धरती के गुरुत्वाकर्षण से गति करने वाला; **~ missile** (ऐसा) प्रेक्षपास्त्र; **~s** *n* प्रक्षेपास्त्रविज्ञान, प्राक्षेपिकी

balloon बलून *n & vi* **1** (बच्चों के खेलने का) गुब्बारा, **2** (आकाश में दूर तक उड़ने वाला बहुत बड़ा) गुब्बारा जिसके साथ यात्रियों के बैठने के लिए गाड़ी भी जुड़ी रहती है; *vi* **1** गुब्बारे में उड़ना, **2** (of gown etc) गुब्बारे की तरह फूल जाना

ballot बैलट *n & vi* **1** गुप्त मतदान, **2** (also ~-paper) मतपत्र, मतपर्ची, **3 ~-box** मतपेटिका, *vi* पर्चियोंसे (प्रायः गुप्त) मतदान करना, पर्ची डालना; **to ballot for** (किसी बात का निर्णय करने के लिए) पर्ची डालना, पर्ची निकालना [to ~ for precedence, places, etc]

ballyhoo बैलिहू *n & vt* **1** गाहकों को आकर्षित करने के लिए शोर-गुल; चिल्ला-चिल्ला कर किया गया प्रचार; *vt* चिल्ला-चिल्ला कर प्रचार या विज्ञापन करना

ballyrag *vt & i* (-gg-) (slang) तानों या व्यंग्य से परेशान करना, खिल्ली उड़ाना *vi* ऊधम मचाना

balm बाम *n* **1** वृक्षों की औषधोपयोगी सुगन्धित गोंद, **2** सुगन्धित लेप, पीड़ाहर मरहम; *fig* दुःख-दर्द दूर करने वाली चीज़ या बात; सान्त्वना देने वाले शब्द, सान्त्वना [the ~ of friendship], **3** सुगन्धित गोंद वाला पेड़

balmy बामि *a* **1** सुगन्धित गोंद देने वाला [~ plant], **2** सुगन्धित [~ air], **3** कोमल, मधुर, **4** सान्त्वना देने वाला, दुःख-दर्द दूर करने वाला, शान्तिदायक

balneary बैल्-नियरि *a* स्नानचिकित्सासंबंधी (see foll)

balneology बैल्-निऑल-जि *n* यह अध्ययन कि खनिज जल के चश्मों में स्नान से स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है, स्नानचिकित्साविज्ञान

balsam बॉल्सम *n* **1** सुगन्धित गोंद; इसमें बना लेप या मरहम, **2** (तारपीन आदि में घोल कर बनाई गई) कृत्रिम मरहम, **3** *fig* दुःख-दर्द दूर करने वाली चीज़, सान्त्वना देने वाले शब्द, **4** सुगन्धित गोंद देने वाला पौधा, गुलमेंहदी आदि

baluster बैलस्टर *n* कटहरे की (वक्राकार) छड़

balustrade बैलस्ट्रेड *n* छत या छज्जे पर लगा (सजावटी) जंगला, कटहरा

bamboo बैम्बू *n* **1** बांस (का पेड़), **2** बांस का डंडा, **3 ~ curtain** *polit* कम्यूनिस्ट चीन तथा अन्य देशों के बीच आने-जाने तथा समाचार-विचार के आदान-प्रदान पर प्रतिबन्ध, बांस की दीवार

bamboozle बैम्-बूज़ल *vt* **1** (slang) बेवकूफ़ बनाना, उल्लू बनाना, **2** धोखा देना, to ~ s.o. **into doing** sth धोखे से किसी से कुछ करवाना; ठगना, ऐंठना [to ~ s.o. **out of** sth]

ban^1 बैन *vt* (-nn-) (सरकार या संस्था या समाज द्वारा) निषेध करना, मना करना, रोक या प्रतिबन्ध लगाना [to ~ atomic weapons]

ban^2 *n* **1** निषेध, मनाही, रोक, प्रतिबन्ध, **2** (ईसाई समाज द्वारा) व्यक्ति का बहिष्कार, सिद्धान्त का निषेध, **3** अभिशाप, **4** निर्वासन-आदेश, देश-निकाला

banal बेनल *a* मामूली, तुच्छ, साधारण

banality बनैलिटि *n* **1** मामूली चीज़, तुच्छ वस्तु, **2** घिसी-पिटी बात, **3** तुच्छता

banana बनानः *n* **1** केला (फल, पेड़), कदली, **2 hand of bananas** केले का गुच्छा (वि॰ जिस में दस-बीस केले हों)

banausic बनॉसिक *a* जो घटिया लोगों के लायक हो, घटिया **; अशिष्ट, ग्राम्य**

band^1 बैंड *n* 1 (बडल आदि बांधने की) पट्टी, फ़ीता, 2 (धातु की पत्ती का) चक्कर, (रबड़ का) छल्ला, 3 *mech* (पहियों या गरारियों की संयोजक) पेटी, पट्टा, 4 रंगदार धारी, 5 (Radio) पास-पास के तरंगायामों की पट्टी, तरंगपट्टी, 6 ~**box** (वस्त्र, टोप आदि रखने के लिए) गत्ते आदि का बना (प्रायः बेलनाकार) बक्स

band^2 *vt* 1 पट्टी या फ़ीता बान्धना, 2 (रंगदार) धारियां बनाना

band^3 *n* 1 (समान उद्देश्य वाले व्यक्तियों का) गुट, दल, मंडली, टोली, जत्था [~ of workers, robbers, etc], 2 बाजे वालों की मंडली, बाजे वाला, 3 बैंड-बाजा; वाद्यवृन्द, 4 **bandmaster** वाद्य (वृन्द) नायक; **bandwagon** जलूस आदि में बाजे वालों के लिए गाड़ी, बैंडगाड़ी; *fig* काल्पनिक वाहन जिस पर निश्चित रूप से सफल होने वाले राजनीतिक नेता बैठे माने जाते हैं; **to climb, jump, on the bandwagon** ऐसे दल में शामिल होना जिसकी सफलता निश्चित हो

band^4 *vt* & *i* 1 (usu *refl*) दल में मिलाना, संगठित करना, 2 *vi* संगठित होना [to ~ (together)]

bandage बैन्डिज *n* & *vt* पट्टी; *vt* पट्टी बान्धना

bandanna बैन्डैनः *n* (पीली या सफ़ेद बिन्दियों वाला) रंगदार रूमाल या गुलूबन्द

bandeau बैन्डो *n* (स्त्रियों के) बाल बांधने का फीता, सरबन्द

banderole बैंड-रोल *n* 1 मस्तूल पर फहराने वाला लंबा-पतला झंडा, 2 सूरमा (knight) के भाले पर लगी सजावटी झंडी, 3 उत्कीर्ण लेख सहित पत्थर की पटिया, **उत्कीर्ण पटिया**

bandicoot बैन्डि-कूट *n* 1 एक प्रकार का जंगली चूहा, घूस, 2 (in Austral) कृमिभोजी एवं शाकभोजी जन्तु

bandit बैन्डिट *n* डाकू, डकैत, लुटेरा, दस्यु; गुण्डा; ~**ry** बैन्डिट्रि *n* 1 डाकाज़नी, डकैती, 2 दस्युदल

bandoleer, -lier बैन्ड-लियर *n* कारतूस पेटी

bandy^1 बैन्डि *vt* 1 (गेंद आदि को) इधर से उधर और उधर से इधर फेंकना, 2 *fig* **to ~ stories** कहानियां या गप सुनना-सुनाना, to ~ names नामों की अपमानपूर्वक चर्चा करना, नाम लेकर निन्दा करना, **to ~ words** तू-तू मैं-मैं करना, 3 **to ~ blows** परस्पर प्रहार करना, मुक्का-मुक्की होना

bandy^2 *a* (of legs) धनुष की तरह वक्र; **~-legged** धनुर्जंङ्घ

bane बेन *n* 1 बरबादी या मुसीबत या दुःख का कारण [He is the ~ of my life]; अभिशाप [the dowry system is the ~ of our society], 2 विष, **ratsbane** चूहे मारने का विष; **~ful** *a* 1 हानिकर, खतरनाक; घातक, विनाशकारी, 2 विषैला

bang^1 बैङ्ग *vt* & *i* 1 ज़ोर से मारना जिससे कि धमाका हो, 2 धम्म से बन्द करना [to ~ the door], 3 *vi* to ~ **at, on,** the door दरवाज़े को ज़ोर से खटखटाना

bang^2 *n* 1 ज़बरदस्त चोट या प्रहार [an awful ~ on the head], 2 धम, धम्म, 3 बन्दूक छूटने की आवाज़; धमाका, 4 **with a bang** प्रभावोत्पादक ढंग से, सफलतापूर्वक, बड़ी शान से, (of performance) to go off with a ~ सफल होना, बहुत पसन्द किया जाना

bang^3 *adv* धड़ाम से, धड़ाके से, धम से; **to go ~** (i) धम से बन्द होना, (ii) धमाके से फटना, 2 अचानक, एकाएक

bangle बैंगल *n* चूड़ी, कड़ा, पहुंची

banian, banyan बैनिअन *n* 1 वट वृक्ष, बड़, बरगद, 2 हिन्दू व्यापारी, बनिया, 3 बनियान, बनियाइन

banish बैनिश *vt* 1 निर्वासित करना, देशनिकाला देना, निकाल देना, 2 (दिल से) निकालना, दूर करना, हटाना [to ~ fear, care, sorrow, etc]

banishment *n* निर्वासन, देशनिकाला

banister, bannister बैनिस्टर *n* सीढ़ियों के जंगले का डंडा; banisters जंगला

banjo बैंजो *n* (*pl* -s, -es) सारंगी की तरह का वाद्ययन्त्र, बैंजो

bank^1 बैंक *n* 1 तट, किनारा; **right bank** नदी के बहाव के साथ-साथ चलने वाले आदमी के दाहिने हाथ का किनारा, **left bank** उसके बायें हाथ का किनारा, 2 सड़क के किनारे-किनारे बनाई गई ढाल या ढलान (जिस के होने से मोटर-गाड़ियां मुड़ते समय भी पूरी गति से जा सकती हैं), 3 (in sea) चट्टान, (in river) रेती, 4 टीला

bank^2 *n* 1 बैंक, बंक, 2 भंडार [**blood bank**], 3 *comb*: **~-note** बैंक द्वारा जारी की गई हुंडी, बैंकनोट ; **B~ Rate** बैंक दर, (i) रिज़र्व बैंक द्वारा अनुसूचित बैंकों को ऋण देने की दर, (ii) बिल (हुंडियाँ) भुनाने की दर

bank^3 *vi* & *t* 1 रुपये का लेन-देन करना, साहूकारी या महाजनी करना, 2 बैंक से लेन-देन करना, बैंक में रुपया आदि रखना [to ~ **at, with,** the Punjab National etc], 3 **to bank (up) on** किसी से आशा रखना, किसी के भरोसे रहना [I can ~ on his help, on him to help], 4 *vt* बैंक में जमा कराना [to ~ one's pay cheque etc]

bank^4 *n* 1 चाबियों, बिजली की बत्तियों, स्विचों आदि की पंक्ति [a ~ of lights etc], 2 सीढ़ियों की भांति एक-दूसरे के ऊपर रखने का तरीका; सोपान [a ~ of seats, oars, etc]

bankable *a* [of cheque, bills, etc] जिसे बैंक से भुनाया जा सके, बैंक द्वारा स्वीकार्य, बैंकग्राह्य

banker *n* महाजन, साहूकार; बैंक का मालिक या संचालक; Let me be your ~ आप मुझ से उधार ले सकते हैं

banking *n* बैंक का काम, महाजनी, साहूकारा

bankrupt^1 बैंक्-रप्ट *n* & *a* **1** ऋणी जो अपना ऋण न चुका सके, दिवालिया, **2** *law* ऐसा दिवालिया जिसकी संपत्ति उससे ले कर ऋणदाताओं में बांटी जाये; **to go ~** दिवालिया हो जाना, दिवाला निकालना ; *a* (गुण-विशेष से) रहित [~ **of** intelligence, statesmanship]

bankrupt^2 *vt* दिवालिया बना देना

bankruptcy बैंक्रप्ट्सि *n* **1** दिवाला, दिवालियापन, **2** किसी वस्तु या गुण से शून्य हो जाना, शून्यता, **3** घोर असफलता; बरबादी

banner बैनर *n* **1** पताका, ध्वजा, झंडा, फरहरा, **2 to join, follow, the banner of** के झंडे तले एकत्र या जमा होना, का अनुयायी बनना, **3** (in newspaper) ~ **headline** मुख्य समाचार का शीर्षक, बड़ी शीर्षरेखा

banns बैन्ज़ *n pl* (गिरजे में सुनाई जाने वाली) प्रस्तावित विवाह की सूचना; **to forbid the banns** प्रस्तावित विवाह पर आपत्ति करना

banquet बैंक्विट *n*, *vt* & *i* **1** महाभोज, प्रीतिभोज, **2** भोज जिस में प्रायः भाषण किये जाते हैं; *vt* भोज देना, खूब खिला-पिला कर तृप्त करना, छकाना, *vi* भोज में शामिल होना; खूब खाना-पीना; डट कर शराब पीना

banquette बैंकेंट *n* **1** प्राचीर के पीछे बना चबूतरा (जहाँ खड़े हो कर गोले फेंके जाते हैं), **2** (होटल आदि में) दीवार के साथ बनी बेंच या सोफ़ा

bantam बैन्टम *n* **1** एक प्रकार का नाटा मुर्गा (जो लड़ने में बड़ा तेज होता है), **2** नाटा परन्तु बहादुर आदमी, **3 ~-weight** हल्का-फुलका घूंसेबाज़ (जिस का भार ५४ किलोग्राम तक हो)

banter बैन्टर *n*, *vt* & *i* हँसी-मज़ाक, दिल्लगी, ठठोली, ठट्ठा; *vt* (किसी का) मज़ाक उड़ाना, से मज़ाक करना, उपहास या परिहास करना; *vi* मज़ाकिया बातें करना, दिल्लगी करना

Bantu बैंटू *n* **1** मध्य और दक्षिण अफ़्रीका में रहने वाली जातियां, **2** इनकी (लगभग ५००) बोलियां (*e.g.* Kikuyu, Swahili, & Zulu); बैंटू

baptism बैप्-टिज़्म *n* **1** ईसाई धार्मिक संस्कार जिसमें व्यक्ति को पानी में डुबकी लगवाई जाती है या उस पर पानी छिड़का जाता है और साथ ही प्रायः नामकरण भी किया जाता है, दीक्षास्नान, नामकरण संस्कार, बपतिस्मा

baptist बैप्-टिस्ट *n* बपतिस्मा देने वाला, दीक्षा देने वाला, दीक्षागुरु; **baptist(e)ry** *n* (गिरजे में) बपतिस्माकक्ष, दीक्षाकक्ष, **2** निमज्जन कुण्ड

baptize बैप्-टाइज़ *vt* (see baptism) **1** बपतिस्मा देना, दीक्षा देना, **2** नामकरण करना

bar^1 बार *n* **1** सींखचा, छड़, सलाख, डंडा, **2** खिड़की या दरवाज़े या फाटक को बन्द रखने की छड़, अर्गला; *fig* जेल [**to be behind ~s**], **3** (किसी सतह पर बनी) रंगदार पट्टी, **4** आयताकार टुकड़ा, [~ of chocolate, soap, etc], **5** (सोने-चांदी का) डला, सिल, सिल्ली, **6** रोक, रुकावट, अटकाव, बाधा [**to be a ~ to sth**], **7** निषेध, मनाही, प्रतिबन्ध, **8** (अदालत में अभियुक्त के खड़े होने का) कठघरा, **9** न्यायालय, अदालत, **to be called to the ~** वकील या बैरिस्टर बनना, वकालत शुरू करना, **10 the bar** वकील वर्ग, वकालत का पेशा, **11** *fig* किसी प्रकार का न्यायालय, न्याय या निर्णय करने वाली कोई संस्था the ~ of public opinion लोकमत का न्यायालय, **12** *Parl:* वह जंगला जहां तक आम लोगों को किसी काम के लिये आने दिया जाता है, संसद् का जंगला, संसद् की न्यायवेदिका, **13** (in inn etc) वह स्थान जहां शराब मिलती है, मदिराकक्ष, **barman, barmaid, bartender** मदिराकक्ष का परिचारक या परिचारिका, **14** जलपानगृह [coffee-bar, snack-bar]

bar^2 *vt* (-rr-) **1** अर्गला से (दरवाजा आदि) बन्द करना, (दरवाज़े को) अर्गला लगाना [to ~ the dooretc], **2** to ~ s.o. in किसी को अन्दर रोक लेना, बाहर न जाने देना, to ~ s.o. out किसी को बाहर रोक रखना, अन्दर न जाने देना, **3** (रास्ता आदि) रोकना, बन्द करना [to ~ the path, entrance, exit, etc], **4** रोकना, रोक लगाना, वर्जित करना, प्रतिबन्ध लगाना [He has been barred **from** membership], **5** *law* मना करना, मनाही करना [to ~ an action], **6** पर पट्टियां या धारियां बनाना

barb बार्ब *n* & *vt* **1** तीर की नोक से पीछे को गया हुआ सिरा, कांटा, **2** *fig* चुभने वाली बात, व्यंग्य, फबती, ताना, **3** पंख की डंडी के दायें-बायें निकले हुए तन्तु, पिच्छ ; *vt* (तीर पर) कांटा या फल लगाना; **~ed** कांटेदार

barbarian बार्-बेरियन *n* & *a* बर्बर, जंगली, वहशी, असभ्य, अशिष्ट, उजड्ड (व्यक्ति)

barbaric बार्-बैरिक *a* **1** बर्बर, असभ्य, अशिष्ट, **2** क्रूर, बर्बरतापूर्ण

barbarism बार्बरिज़म *n* **1** संस्कृति या सभ्यता का अभाव, बर्बरता, **2** अशिष्टता, गँवारपन, उजड्डपन, **3** शिष्ट भाषा में गँवारू शब्दों का प्रयोग, **4** गँवारू शब्द

barbarity बार्-बैरिटि *n* **1** बर्बरता, वहशीपन; क्रूरता, निर्ममता, नृशंसता, घोर अत्याचार, **2** अशिष्ट या गँवारू शैली; अशिष्ट या गँवारू कृति या रचना

barbarize बार्बराइज़ *vt* & *i* **1** असभ्य बनाना या बनना, **2** (भाषा को) भ्रष्ट करना या बिगाड़ना

barbarous बार्बरस *a* **1** असभ्य, अशिष्ट, **2** बर्बरतापूर्ण, क्रूर [~ treatment], **3** भद्दा, भोंडा, **4** गँवारू

barbecue बार्-बिक्यू *n* **1** मांस भूनने के लिए

सीखों का बना ढांचा, 2 सीखों पर भुना हुआ मांस, 3 खुले मैदान में ऐसा भोज जिस में सीख-भुना मांस दिया जाये

barbel बार्बेल *n* 1 यूरोपीय बड़ी मछली जिस के सिर या मुंह से मांसल तन्तु लटकते रहते हैं, 2 किसी मछली के ऐसे मांसल तन्तु, स्पर्शवर्ध

barber बार्बर *n* 1 नाई, हज्जाम, 2 barber's itch, rash (गन्दे उस्तरे के प्रयोग से होने वाली) दाढ़ी की खुजली या दाद

barbette बार्-बे॑ट *n* गोले फेंकने के लिए किले या जहाज़ में बना चबूतरा, दमदमा

barbican बार्-बिकन *n* नगर या किले के बाहर बना मोर्चा (जो प्रायः मीनार के रूप में होता है), गढ़गज

bard बार्ड *n* 1 भाट, चारण, कवि, 2 **the Bard of Avon**=Shakespeare

bare^{1} बे॑अर *a* 1 नग्न, नंगा, आवरणरहित; वस्त्ररहित, 2 (of tree) पत्रहीन, नंगा, 3 पर्दे या दरी आदि से रहित, नंगा [~ walls, floor, ground, etc], 4 केवल, मात्र, निरा, सिर्फ़ [to earn a ~ living; to get ~ necessities of life], 5 अल्प, थोड़ा, तनिक [a ~ majority], 6 *comb:* **barefaced** *a* (i) बिना छद्मवेश के, बेपरदा, स्पष्ट, साफ़, (ii) निर्लज्ज, बेशर्म, ढीठ; barefaced lie सरासर झूठ; **barefoot** (*a* & *adv*), **barefooted** *a* नंगे पांव, **bareheaded** *a* नंगे सिर

bare^{2} *vt* 1 कपड़े उतारना, आवरण या पर्दा हटाना, नग्न करना, 2 प्रकट करना; दिखाना

barely *adv* 1 मुश्किल से, बस, केवल [He is ~ sixteen]; बाल-बाल [He ~ escaped disaster], 2 बहुत कम, तनिक-मात्र [~ furnished rooms]

bareness *n* 1 नग्नता, 2 सजावट या अलंकार का अभाव, सादगी

bargain^{1} बार्गिन *n* 1 खरीदने-बेचने आदि की शर्तों के विषय में परस्पर समझौता, सौदा; **into the ~** (तय की गई शर्तों के) अलावा, अतिरिक्त, अपि च; **to make, strike, a ~ (with s.o.)** समझौता कर लेना, मोल तय करना, सौदा करना, 2 मोल-तोल करके खरीदा गया माल, सौदा; **good ~** सस्ता सौदा; **bad ~** महँगा सौदा; **to make the best of a bad ~** (see best), 3 a ~ सस्ता सौदा, अच्छा सौदा

bargain^{2} *vi* & *t* 1 क्रय-विक्रय की शर्तों पर बातचीत करना, मोल-तोल या मोल-भाव करना, सौदा करना [to ~ **with** s.o.], 2 **to ~ for** की आशा या प्रत्याशा करना, के लिये तैयार रहना [I didn't ~ for her coming too; this is more than I had ~ed for], 3 **to ~ sth away** सस्ता बेच डालना, मामूली चीज के बदले में दे देना; **~er** *n* सौदा करने वाला

barge बार्ज *n* & *vi* 1 माल ढोने की चपटे पेंदे की नौका, नाव, किश्ती, बजरा, 2 राजकीय समारोहों में काम आने वाली अनेक पतवारों की नौका, 3 **~-pole** नाव को धकेलने और रोकने का लंबा लट्ठ; I would n't touch it, him, with a ~-pole मैं इससे कोई संबंध नहीं रखना चाहता; (इस विषय) को विचार के योग्य नहीं समझता, (व्यक्ति को) अत्यन्त घृणित समझता हूं; *vi* to ~ **into, against, s.o.** किसी से टकरा जाना; **to ~ in** खामखाह दखल देना; आ धमकना

bargee बार्जी *n* मांझी, नाविक

barium बे॑अरियम *n* 1 एक सफ़ेद धातु, 2 **~ meal** बेरियम-सल्फ़ेट युक्त पाउडर जो आमाशय और आन्तों आदि का एक्स-रे चित्र लेने के लिये खिलाया जाता है, बेरियम

bark^{1} बार्क *n* & *vt* 1 (पेड़ की) छाल, वल्कल, 2 चमड़ा रंगने के काम आने वाली छाल, 3 **bark-cloth** कुछ पेड़ों की भीतरी छाल से बना कपड़ा वल्कल, *vt* (पेड़ की) छाल उतारना, (पेड़ को) छीलना

bark^{2} *n* (*poet*) = barque

bark^{3} *n* 1 (कुत्ते की) भौंक, भौं-भौं, (लूमड़ी का) हुवा-हू शब्द, (गिलहरी का) प्लिल-टिल्ल शब्द, 2 His ~ is worse than his bite वह भौंकता अधिक है पर काटता कम है, वह गुस्सा तो बहुत करता है पर किसी का कुछ बिगाड़ता नहीं

bark^{4} *vi* (see prec) भौंकना, भूंकना, **to ~ out** झल्ला कर बोलना, रोब से बोलना, **to ~ at** गुस्से से या चिल्ला कर बोलना, **to ~ up the wrong tree** गलत रास्ते पर जाना, गलत दिशा में प्रयत्न करना, गलत व्यक्ति से मांगना [If he expects me to get him a job, he is ~ing up the wrong tree]

barley बार्लि *n* जौ; **~ water** बीमार के लिए जौ को उबाल कर निकाला गया रस, जौ का पानी

barm बार्म *n* 1 बियर बनाते समय उठने वाली झाग, 2 खमीर, किण्व; **barmy** बार्मि *a* 1 झागदार, 2 (slang) सनकी, पागल

barn बार्न *n* 1 अनाज या सूखी घास जमा कर रखने की कोठरी, खलिहान, 2 **~-yard** बाड़ा; **~-yard manure** गोबर की खाद

barnacle बार्न-कल *n* 1 (also ~ goose) उत्तर ध्रुवप्रदेश का हंस जो सर्दियों में ब्रिटेन में चला जाता है, 2 जहाज के तले में चिमटा रहने वाला समुद्री जीव, 3 *fig* चिमटा रहने वाला अनुयायी (जिस से पीछा छुड़ाना कठिन हो)

barograph बैर-ग्राफ़ *n* वायुदाबमापक यन्त्र जिसमें वायुदाब अपने आप रिकार्ड हो जाता है, वायुदाब-लेखी

barometer ब-रॉमिटर *n* 1 वायुदाबमापी (जो मौसम का हाल तथा किसी स्थान की समुद्रतल से ऊंचाई जानने के काम भी आता है); बैरोमीटर [The ~ points to rain etc], 2 *fig* वर्तमान स्थिति या स्थितिपरिवर्तन जानने का साधन [~ of

public opinion]

barometric बैर-मॅट्रिक *a*: ~ pressure (= atmospheric pressure) वायुमण्डलीय दाब, हवा का दवाव

baron बैरन *n* 1 (ब्रिटिश) जागीरदार, सामन्त, नवाब, बैरन (fem. baroness), 2 किसी वस्तु का बहुत बड़ा व्यापारी [beer ~], 3 रसूख वाला आदमी, बहुत बड़ा आदमी; **~age** *n* सामन्तवर्ग; **baronial** बरोनियल *a* बैरन का, बैरन के योग्य

baroque बरोक *a* 1 ऊटपटांग, बेढंगा, भद्दा, हास्यजनक, 2 सनकी, झक्की

barque बार्क *n* तीन-मस्तूली जहाज़

barquentine, bark- बार्कन-टीन *n* तीन या अधिक मस्तूलों वाला जहाज़

barrack^1 बैरक *n* (usu in *pl*, often treated as *sing*) *vt* 1 सैनिकों के रहने के कमरे, बैरक, बारिक [to be confined to ~s], 2 तंग कोठरी जिस में बहुत से लोगों को रखा जाये, 3 सादा और मामूली (बैरक-सी) इमारत, *vt* बैरक या बैरकों में ठहराना

barrack^2 *vi* & *t* खिलाड़ियों का उपहास करने अथवा उत्साह बढ़ाने के लिए ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाना, हो-हो अथवा वाह-वाह करना

barrage बैराश्ज़ *n* 1 (नदी के आर-पार बना) बांध, बराज, 2 *mil* लगातार भारी गोलाबारी (जिससे कि शत्रुसेना आगे न बढ़ सके), 3 द्रुत एवं निरन्तर क्रम या सिलसिला, ~ **of questions** etc प्रश्नों की झड़ी

barrator, बैरटर *n* 1 मुकदमेबाज़, 2 झगड़ा कराने वाला, फ़सादी

barratry बैरट्रि *n* 1 (marine law) जहाज़चालकों की लापरवाही या धोखेबाज़ी जिससे जहाज़मालिकों को नुक़सान पहुंचे, नौचालकों की दगाबाज़ी, 2 *law* मुकदमेबाज़ी, मुकदमेबाज़ी के लिये उकसाना

barrel बैरल *n* & *vt* (-ll-), 1 (द्रव रखने का) ढोल, पीपा, 2 द्रव की माप = 30 to 40 gallons, 3 बन्दूक की नाली, 4 किसी पदार्थ का बेलनाकार भाग, *vt* (शराब आदि द्रव) पीपे में डालना या भरना

barren बैरन *a* (**-er,-est**) 1 जो कुछ पैदा न कर सके, जिसमें कुछ पैदा न होता हो, (of woman) बंध्या, बांझ, (of land) ऊसर, बंजर, 2 जिससे कोई फल न निकले, जिससे कोई लाभ न हो, निष्फल, निरर्थक, व्यर्थ [~ effort], अरुचिकर, शुष्क [~ discussion, subject]

barricade बैरिकेड *n* & *vt* 1 गली बन्द करने के लिये जल्दी से पत्थर, पीपे, मेज़-कुर्सी और ठेलों आदि से खड़ी की गई रुकावट, नाकाबन्दी, 2 (किसी प्रकार की) रुकावट; *fig* विघ्न, बाधा; *vt* रुकावटें खड़ी कर के रास्ता बन्द कर देना, नाकाबन्दी करना [to ~ a street], 3 चारों ओर रुकावटें खड़ी कर के (स्थान की) रक्षा करना, मोर्चाबन्दी करना; घेरा डालकर (व्यक्ति की) रक्षा करना

barrier बैरियर *n* 1 (किसी को आगे बढ़ने या प्रवेश करने से रोकने के लिए) जंगला, **toll** ~ चुंगी फाटक, चुंगी चौकी, (*rail*) **ticket-**~ टिकट फाटक (जहां टिकट दिखाना पड़ता है), 2 रोक, रुकावट [a mountain ~], 3 रुकावट, विघ्न, बाधा [~ to progress]; **trade** ~ व्यापारिक प्रतिबन्ध, 4 अलग रखने वाली कोई चीज़, दीवार; **caste** ~ जात-पात की दीवार

barring बारिङ्ग *prep* के सिवाय, को छोड़ कर

barrister बैरिस्टर **~-at-law** *n* वकील (जिसे ऊंची अदालतों में पेश होने का अधिकार होता है), बरिस्टर

barrow^1 बैरो *n* 1 (also wheel-~) एक पहिये का ठेला, हथगाड़ी, 2 (also hand-~) भार ढोने का खुला बक्स (जिसे दो आदमी उठाते हैं), 3 (फेरी वाले का) दो-पहिया ठेला, रेढ़ी

barrow^2 *n* (*archeol*) = **tumulus**

barter बार्टर *vt* & *i*, *n* 1 (वस्तुओं का, अभौतिक पदार्थों का) विनिमय करना, अदला-बदली करना (to ~ sth **for** sth), 2 **to** ~ **away** किसी मामूली चीज़ के बदले में दे डालना, बेच डालना [we can't ~ away our freedom, honour, etc], 3 *vi* विनिमय व्यापार करना, *n* माल की अदला-बदली, वस्तुविनिमय

bartizan बार्टिज़ैन *n* (*archit*) किले की छत या गिरजे की मीनार पर बना दान्तेदार मुंडेरा, **कंगूरा**

barysphere बैरि-स्फ़ियर *n* धरती का भीतरी ठोस भाग, गुरुमण्डल

basal बेसल *a* (f. base) 1 मूल या नींव या आधार संबंधी, मूल में विद्यमान, 2 मूलभूत, आधारभूत, बुनियादी

basalt बसॉल्ट *n* ज्वालामुखी की क्रिया से बनने वाला काला-सा पत्थर, असिताश्म, बसाल्ट

bascule-bridge बैस्क्यूल ब्रिज *n* एक प्रकार का पुल जो लीवर से उठाया और गिराया जा सकता है, उठाऊ पुल, उत्तोलनपुल

base^1 बेस *n* 1 मूल, आधार; नींव, बुनियाद, 2 आधारभूत सिद्धान्त या तत्त्व, आधार, 3 पेंदा, तला, 4 *archit* स्तंभ के मध्य भाग से नीचे का भाग, चौकी, पीठ, 5 *geom* आधार-रेखा, आधारतल, आधार, 6 मिश्र या यौगिक का मुख्य तत्त्व [skin ointment with a cream base], 7 *chem* क्षारक, 8 *mil* सेना के पीछे का प्रदेश जहां कुमक, भंडार तथा अस्पताल आदि होते हैं, अड्डा, शिविर, छावनी, 9 **base ball** (i) अमरीका का राष्ट्रीय खेल (जिस में रन किये जाते हैं), (ii) इस खेल की गेंद; **~less** *a* निर्मूल, निराधार, बेबुनियाद, बेसिर-पैर का, झूठ, मिथ्या

base^2 *vt* 1 आधार बनाना, आधारित करना [This conclusion is based **on** a wrong assumption], 2 **to** ~ **oneself on** sth किसी बात या सिद्धान्त को अपनी दलील का आधार बनाना,

3 (सेना आदि का) अड्डा बनाना (also see based); स्थित या स्थापित करना [He is based at Bombay]

base^3 *a* 1 नीच, पतित, अधम, 2 घृणित, कमीना, ओछा, छिछोरा, 3 कायर, 4 ~**-born** *a* नीच कुल का, हरामी, जारज; **base metals** घटिया धातुए (*e.g.*, copper, lead, zinc, tin, etc); **base coin** खोटा सिक्का; ~**ness** *n* नीचता, कमीनापन

based *a* 1 *mil* जिसका अमुक अड्डा हो, अमुक अड्डे पर स्थित [submarine ~ **on** Malta], 2 आधारित [computer-~ accountancy]

basement *n* 1 निम्नतम भाग, अधोभाग, 2 तहखाना

bash बैश *vt* & *n* प्रबल प्रहार से चकनाचूर कर देना, फोड़ना; *n* प्रबल प्रहार

bashful बैश्फ़ुल *a* 1 शर्मीला, लज्जाशील, 2 झेंपू, दब्बू

basic बेसिक *a* 1 मूल, मूलभूत, आधारभूत, बुनियादी [~ principle], Basic English (850 शब्दों पर आधारित) बुनियादी अंग्रेज़ी; ~ **industry** बड़े आर्थिक महत्त्व का उद्योग, मूल उद्योग; ~ **pay** मूल वेतन, 2 *chem* क्षारीय

basil बैज़िल *n* तुलसी

basilic ब-सिलिक *a* 1 राजकीय, शाही, 2 ~ **vein** बाहु की सब से बड़ी शिरा, अन्तर्बाहु शिरा

basilica ब-सिलिक: *n* 1 रोम के सात मुख्य गिरजों में से एक; बड़ा गिरजा, 2 पोप से विशेषाधिकार प्राप्त गिरजा

basilisk बैज़िलिस्क *n* (Gk & Rom *myth*) सर्प-जैसा प्राणी जो अपनी दृष्टि या श्वास से जीवों को भस्म कर देता था, 2 *fig* हानिकर वस्तु; ~**-glance** बुरी नज़र, कुदृष्टि, 3 अमरीकी गिरगिट

basin बेसिन *n* 1 कटोरा, प्याला; चिलमची, 2 नदी का जलग्रहण क्षेत्र, थाला; नदी द्वारा सिंचित प्रदेश, नदी-घाटी [the Indus ~], 3 गोलाकार अथवा अण्डाकार घाटी, 4 स्थल से घिरा हुआ बन्दरगाह

basipetal बेसिपिटल *a* जिसकी वृद्धि ऊपर से शुरू होकर क्रमशः निचले भागों में हो, तलाभिसारी

basis बेसिस *n* (*pl* **bases** बेसीज़) 1 नींव, आधार, 2 आधारभूत सिद्धान्त, आधार [~ of friendship, negotiations, etc], 3 प्रारंभ, मूल, जड़, 4 मुख्य तत्त्व या अंश या अवयव

bask बास्क *vi* (धूप का) मज़ा लेना, धूप तापना या सेंकना [to ~ **in the sun**], आग तापना या सेंकना [to ~ **in firelight**], 2 *fig* आनन्द लेना, पाना [to ~ **in** popularity, royal favour]

basket बास्किट *n* 1 पिटारी, पिटारा, डलिया, टोकरी, 2 *comb*: ~**-ball** एक खेल जिस में फुटबाल जैसी गेंद हाथों से उछाल कर १० फुट ऊंचे चक्कर में डालने से गोल होता है, बास्केटबाल; ~**work** टोकरियां बनाना; टोकरी-जैसी बुनाई

bas-relief बैस्-रिलीफ *n* नक्काशी (का काम)

bass^1 बैस *n* ताड़ आदि पेड़ों की भीतरी छाल (जो चटाई आदि बुनने के काम आती है)

bass^2 बेस *n* & *a* (*mus*) 1 पुरुष का मन्दतम स्वर, मन्द्र स्वर, 2 मन्द्र स्वर से गाने वाला पुरुष; *a* मन्द्र

bassinet बैसिनेट *n* बेंत का पालना या बच्चा-गाड़ी

bassoon बसून *n* दुनाली मुरली, अलग़ोजा

bast बैस्ट *n* कुछ पेड़ों की भीतरी रेशेदार छाल (जिससे चटाइयां, रस्से आदि बनते हैं)

bastard बास्टर्ड *n* & *a* 1 हरामी (बच्चा), जारज, 2 (of thgs) अनधिकृत; दोगला, मिश्र; नकली, जाली, खोटा; ~**ize** *vt* हरामी या दोगला ठहराना; ~**y** *n* हरामीपन, जारजता

baste^1 बेस्ट *vt* कच्ची सिलाई करना, कच्ची बखिया करना, तोपे लगाना, तुरपना

baste^2 *vt* (भूनते समय मांस को जलने से बचाने के लिए) चरबी से तर करते रहना, चुपड़ना

baste^3 *vt* मारना-पीटना, डंडे लगाना

bastille बैस्टील *n* 1 किला, दुर्ग, 2 जेल, कारागार, 3 पैरिस का किला जिसमें कैदी रखे जाते थे और जिसे १७८९ की क्रांति में विद्रोहियों ने तोड़ डाला था

bastinado बैस्टिनेडो *vt* & *n* तलवों पर बेंत लगाना; *n* इस प्रकार दिया गया दण्ड

bastion बैस्टियन *n* 1 किले की दीवार के साथ बना पंचकोणी बुर्ज, 2 *fig* रक्षा करने वाली चीज़ या व्यक्ति आदि, रक्षक [~ of peace etc]

bat^1 बैट *n* चमगादड़; **as blind as a** ~ बिल्कुल अन्धा

bat^2 *n* & *vi* (-tt-) 1 (क्रिकेट आदि का) बल्ला, बैट, 2 **to carry one's** ~ इनिंग के अन्त तक आउट न होना; **to do sth off one's own** ~ किसी की सहायता के बिना या अकेले ही कोई काम करना, 3 बल्लेबाज [a good ~], 4 ~**sman** बल्लेबाज़; *vi* (बैट से) खेलना, बल्लेबाज़ी करना

batch बैच *n* 1 दल, टोली, जत्था, टुकड़ी [~ of volunteers], 2 (of thgs) मुट्ठा, पुलिन्दा [~ of letters]; वर्ग, समूह, समुदाय

bate बेट *vt* रोकना **with** ~**d breath** (उत्सुकता के कारण) सांस रोक कर, बड़ी उत्सुकता से, **दम साधे**

bath^1 बाथ *pl* ~s बाद्ज़ *n* 1 स्नान, नहाना-धोना, मज्जन, डुबकी [**to have, take, a** ~], 2 स्नान के लिए जल आदि, 3 रेत, पानी आदि के प्रयोग से तापमान स्थिर रखने का उपकरण, तापन-पात्र, कुण्ड, 4 गुसलखाना [a room and a ~], 5 ~**room** गुसलखाना, स्नानागार, *euphem* शौचालय, मूत्रालय, 6 ~**(-tub)** नहाने का टब

bath^2 *vt* & *i* 1 (बच्चे, बीमार या जानवर को) टब में नहलाना, 2 *vi* स्नान करना

bathe बेद *vt* & *i* 1 स्नान कराना, नहलाना, 2 पानी में डुबाना, गीला करना, भिगोना [face ~d in tears], 3 (of sunlight etc) वस्तु के चारों ओर फैल जाना, 4 *vi* नहाना, 5 **bathing beauty** नहाने की पोशाक में सुन्दर स्त्री; **bathing-suit** नहाने की पोशाक, स्नान-सूट

bathetic बथेंटिक *a* (f. bathos) अपकर्षात्मक, निराशाजनक एवं हास्यास्पद

bathometer बथोंमिटर *n* पानी की गहराई नापने का यन्त्र, गहराईमापी

bathos बेथोंस *n* 1 (भाषण आदि में) उदात्त भावनाओं से तुच्छ बातों पर उतर आना (जो कि बहुत हास्यजनक लगता है), 2 उन्नति के बाद अवनति, उत्कर्ष के बाद अपकर्ष, 3 निराशाजनक एवं हास्यास्पद कार्यवाही

bathotic बथोंटिक *a* =bathetic

bathysphere बैथिस्फ़ियर *n* समुद्री जन्तुओं के निरीक्षण के लिए गहराई में उतरने का बड़ा गोलाकार उपकरण, निमज्जन-गोला

batik बैटिक *n* कपड़े पर रंगदार डिज़ाइन बनाने की विधि (जिसमें खाली रखने की जगह पर मोम लगा दिया जाता है); ऐसा बना हुआ कपड़ा, बाटिक

baton बैटन *n* 1 छोटा डंडा, 2 पुलिस के सिपाही का डंडा, 3 सेना के अधिकारी की पदसूचक छड़ी, बेटन, 4 (आर्केस्ट्रा के निर्देशक की) छड़ी

batrachian बट्रेकियन *a* & *n* मेंढक (-जैसे जलथलचर जन्तुओं) का; *n* ऐसा कोई जन्तु

battalion बटैल्यन *n* 1 पैदल सेना का जत्था जिसमें कई कंपनियां होती हैं, बटालियन, वाहिनी, 2 व्यूह में स्थित सैन्यदल, 3 *fig* बहुत बड़ी संख्या, समूह, समुदाय, झुंड [~s of clerks]

batten[1] बैटन *n* & *vt* 1 (इमारत बनाने में प्रयुक्त) लकड़ी की लंबी पट्टी, तख्ता, बत्ता, 2 दरवाज़े के पल्लों को जोड़ने वाली पट्टी, 3 *naut* डेक के छिद्र पर तिरपाल जड़ने के लिये लकड़ी या धातु की पट्टी; *vt* 1 पट्टियों से पक्का करना, पट्टी कसना, 2 *naut* **to ~ down the hatches** जहाज़ में माल भरने के लिए डेक में बने छिद्र को पट्टियां लगा कर बन्द करना

batten[2] *vi* 1 **to ~ on** sth बहुत खाना, 2 मोटा होना, 3 to ~ **on** others दूसरों के खर्च पर मौज करना

batter[1] बैटर *vt* & *i* 1 (व्यक्ति को घायल करने, चीज़ को तोड़ने के लिए) बार-बार प्रहार करना, कूटना, पीटना, 2 (तोड़ने के लिए) गोले बरसाना [to ~ the walls], 3 कूट-पीट कर (वस्तु की) शक्ल बिगाड़ना; (व्यक्ति की) दुर्गत बनाना, हुलिया बिगाड़ना, मरम्मत करना, 4 (सिद्धान्त की) धज्जियां उड़ाना, 5 *vi* to ~ **at, against,** the door किवाड़ को ज़ोर-ज़ोर से खटखटाना, 6 **~ing ram** (*mil*) दीवार तोड़ने का प्राचीन यन्त्र

batter[2] *n* & *vi* 1 दीवार या पुश्ते की ढाल, ढलान, सलामी, 2 *vi* (दीवार का) ढालू या सलामीदार होना

battery बैटरि *n* 1 तोपखाना (जिसमें तोपें, वाहन और सैनिक होते हैं), 2 तोपें गाड़ने का चबूतरा, 3 (बिजली की) बैटरी, 4 एक ही तरह की चीज़ों का सिलसिला; शृंखला [a ~ of tests], 5 *law* प्रहार, मार-पीट, छेड़-छाड़, **assault and ~** व्यक्ति पर प्रहार या उससे छेड़-छाड़

battle[1] बैटल *n* 1 लड़ाई, युद्ध, संग्राम; जंग; **to join** *or* **give** *or* **do ~** लड़ाई में कूद पड़ना, लड़ाई करना, मुकाबला करना, 2 **~ royal** ऐसी लड़ाई जिस में हर कोई शामिल हो सके; *fig* गरमागरम बहस, 3 *fig* संघर्ष, प्रतियोगिता, मुकाबला [~ of wits], 4 *comb:* **~ array** युद्धव्यूह; **~-cruiser** द्रुतगामी युद्धपोत; **~cry** (लड़ाई का) नारा; **~field, ~ground** लड़ाई का मैदान, युद्धक्षेत्र; **~ship** युद्धपोत

battle[2] *vi* लड़ना, संघर्ष करना [to ~ **with** difficulties **etc** ; to ~ **for** sth]

battlement *n* (usu in *pl*) 1 किले की छत पर बना दांतेदार मुंडेरा (जिसमें थोड़ी-थोड़ी दूरी पर तोप या बन्दूक दागने के लिए छिद्र होते हैं); **कंगूरा;** प्राचीर, 2 दांतेदार मुंडेरे से घिरी छत [walking on the ~s]

bauble बॉबल *n* 1 सस्ती परन्तु चमक-दमक वाली चीज़; सस्ता और घटिया गहना या खिलौना, 2 निकम्मी चीज़

bauxite बॉक्साइट *n* एक खनिज जिससे ऐलूमीनियम निकाला जाता है, बाक्साइट

bawd बॉड *n* कुटनी

bawdy बॉडि *a* & *n* 1 मज़ाकिया एवं अश्लील (बातचीत), 2 **~-house** चकला

bawl बॉल *vt* & *i* 1 चिल्लाना, चीखना, 2 (U.S. *sl*) to ~ s.o. **out** खूब डाँटना, भर्त्सना करना

bay[1] बे *n* 1 एक प्रकार का पेड़ या झाड़ी, 2 **~s** इस पेड़ के पत्तों का हार जिसे कवि और सम्राट् पहनते थे, जयमाला, 3 *fig* काव्ययश, शौर्यंयश, कीर्ति, सम्मान

bay[2] *n* 1 खाड़ी, 2 पर्वतमाला का पीछे हटा हुआ भाग, कटाव

bay[3] *n* 1 लंबी दीवार का ऐसा कोई भाग जो दो स्तंभों के बीच हो, 2 कक्ष, **sick-~** जहाज़ के डेक पर बना अस्पताल, (कोई) रोगीकक्ष, 3 **~ window** बाहर को निकली खिड़की

bay[4] *n* 1 (शिकार के निकट पहुंच कर) कुत्तों का भूंकना, 2 **to be at ~** बचने की आशा न रहने पर मरने-मारने को तैयार हो जाना, मुकाबले पर डट जाना; **to hold, keep, at ~** दूर रखना, पास न फटकने देना; **to stand at ~** पीछा करने वालों का मुकाबला करने को तैयार हो जाना

bay[5] *vi* & *t* (of hound) भौंकना [to ~ (at) the moon]

bay[6] *a* & *n* कुम्मैत (घोड़ा), लाखी (घोड़ा)

bayadere बायाडेंअर *n* (वि० दक्षिण भारत के मन्दिर की) नर्तकी

bayonet बेअ·निट *n* & *vt* बन्दूक के सिरे पर लगी किरच, संगीन; *vt* संगीन भोंकना

bazooka बज़ूका *n* (chiefly U.S.) 1 तुरही-जैसा बाजा, 2 टैंक-तोड़ तोप

bdellium डे`लिअम *n* 1 गुग्गुल (का पेड़), 2 इस. का सुगन्धित गोंद

be बी *vi* & *aux* I (as full *vb*) 1 होना, अस्तित्व रखना [there is a God]; **to be or not to be?** जीवित रहें या मर जायें? 2 रहना, बना रहना, कायम रहना [Let it be], 3 (in *pp*, *colloq*) Has anyone been ? क्या कोई (मिलने) आया था? II (*v aux*) 1 [He is going, coming, etc], 2 (with *inf* expr duty) I am to inform you मुझे आप को सूचित करना है, 3 if I were in your place, I would not submit अगर मैं आपकी जगह पर होता तो मैं न दबता, III (*comb:*) **be-all(and end-all)** (i) सब कुछ, सर्वस्व, सार, (ii) एकमात्र उद्देश्य; **-to -be** भावी [his bride-to-be]; **for the time being**=at present फ़िलहाल

beach बीच *n* 1 समुद्र या झील के पास की रेतीली या कंकड़ीली भूमि, समुद्रतट, रेती, पुलिन, 2 ज्वार के पहुंचने की दूरतम और निकटतम सीमाओं के बीच की भूमि, 3 **~-head** (आक्रमणकारी सेनाओं द्वारा बनाया गया) समुद्रतटवर्ती मोरचा, नदी-पार का मोरचा (N.B. This is set up after bridge-head *q.v.*); *vt* (जहाज़ या ह्वेल मछली को) किनारे पर चढ़ाना

beacon बीकन *n* 1 जहाज़ों को संकेत करने के लिये स्तंभ या पहाड़ी पर जलाई जाने वाली आग या रोशनी, प्रकाशस्तंभ, 2 पथप्रदर्शक (प्रकाश या व्यक्ति), 3 (जहाज़ों, विमानों या अन्तरिक्षयानों को उनकी स्थिति का संकेत करने वाला) रेडियो-स्टेशन

bead बीड *n* & *vt* & *i* 1 माला का दाना, मनका; *pl* माला, **to tell one's ~s** माला जपना या फेरना, 2 बूंद [~s of dew, sweat], 3 बन्दूक की मक्खी, 4 *archit* मनकों के हार-जैसा या गोलाकार हाशिया, 5 **~-roll** नामावली; लंबा सिलसिला, लंबी शृंखला; *vt* मनके पिरोना, गूंथना, मनकों से सजाना; *vi* मनकों की शक्ल का बन जाना; **~ed** *a* मणिकामय

beading *n*=bead *n* 4

beadle बीडल *n* 1 (गिरजे, कालेज आदि में) समारोहों का प्रबन्धक, जलूस के आगे-आगे चलने वाला, समारोहसंचालक; चोबदार, 2 **~dom** मूर्खतापूर्ण एवं अनावश्यक हस्तक्षेप, टांग अड़ाना

beady बीडि *a* 1 मनकों से सजा हुआ, बूंदों से ढका हुआ, 2 **~ eyes** छोटे और चमकीले नेत्र

beagle बीगल *n* 1 छोटा शिकारी कुत्ता (जिससे खरगोश का शिकार किया जाता है), 2 गुप्तचर, जासूस, भेदिया

beak बीक *n* 1 चोंच, चंचु, 2 (जानवर की) थूथन, 3 (चायदानी आदि की) टोंटी, 4 तोते की-सी नाक, 5 प्राचीन जंगी जहाज़ के अगले सिरे पर चोंच-जैसा नुकीला भाग

beaker बीकर *n* (वैज्ञानिक प्रयोग के लिए) चंचु-मुख गिलास, बीकर

beam^{1} बीम *n* 1 शहतीर, कड़ी, धरनी; लट्ठा, 2 (तराज़ू की) डंडी; करघे का डंडा जिस पर ताना लिपटा रहता है, तुर; (हल की) हरिस; (लंगर का) दण्ड; 3 *naut* डेक को सहारा देने वाली आड़ी कड़ियों में से एक, **on her ~-ends** एक ओर को बहुत झुका हुआ, उलटने ही वाला; (of person) **on one's ~-ends** जो अपने लगभग सब उपाय बरत चुका हो, 4 जहाज़ की चौड़ाई, 5 किरण, किरणपुंज, किरणावली, 6 विमान या प्रक्षेपास्त्र की मार्गनिर्देशक किरणावली, रेडियो-संकेत, **off the ~** गलत रास्ते पर, **on the ~** ठीक रास्ते पर, 7 आभा, कांति, चमक-दमक, मुस्कान

beam^{2} *vt* & *i* 1 (प्रकाश) देना [to ~ light], 2 (स्नेह आदि का) वातावरण पैदा करना, फैलाना [to ~ affection], 3 रेडियो-संकेत देना [to ~ a signal], 4 *vi* चमकना; खुशी या मुस्कान से खिल उठना [her face ~ed with joy]

bean बीन *n* 1 लोबिया, सेम, 2 (काफ़ी, कोको आदि के) बीज [coffee-~], 3 **~ feast** भोज; *colloq* उत्सव, मेला; **~stalk** लोबिया की डंडी

bear^{1} बे`अर *n* 1 रीछ, भालू; **like a ~ with a sore head** (*colloq*) चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज, 2 **the great B~** सप्तर्षि, **the little B~** लघु सप्तर्षि, 3 अशिष्ट या उजड्ड व्यक्ति, 4 भाव गिराने की कोशिश करने वाला सट्टेबाज़, मन्दड़िया (cf. bull^{1} 3), 5 **~garden** स्थान या सभा जहां लोग हुल्लड़ मचा रहे हों; **~ market** मन्दी का बाज़ार

bear^{2} *vt* & *i* (bore, borne *or* born) I *vt* 1 जन्म देना, जनना [to ~ a child; a child is born; she has borne him two sons]; पैदा करना [a tree ~s fruit], 2 *fig* **to ~ fruit** सफल या सार्थक होना [His efforts bore fruit], 3 भार सहना, **उठाना** [This pillar ~s the weight], 4 उठा कर ले जाना, वहन करना; **to ~ arms** शस्त्र धारण करना, सैनिक बनना, 5 सहना, बरदाश्त करना [I can't ~ him, ~ the sight of him; I can't ~ the cost], 6 उपयुक्त या उचित होना; his words won't ~ repeating उसके शब्द (इतने अश्लील हैं कि) दोहराये नहीं जा सकते, 7 (मन में) रखना, **to ~ s.o. a grudge** किसी से शिकायत या नाराज़गी होना; **to ~ in mind** याद रखना, 8 to ~ a good moral character चरित्रवान् या सदाचारी होना, 9 **to be borne in upon one** किसी को विश्वास हो जाना [it was gradually borne in upon me that...]; II (*vt* with *prepp*) **to ~ away, off, a prize** इनाम जीतना; **to ~ down the enemy** शत्रु पर दबाव डालना, शत्रु को कुचलना, **to ~ down all resistance**

समस्त विरोध का खातमा कर देना; **to ~ out** पुष्टि या तसदीक करना [the facts, ~ me out, ~ out my statement], **to bring to ~** पर केन्द्रित करना, का निशाना बांधना [to bring a gun to ~ on a fort], **III** (*vi* with *prepp*) **to ~ (up) on** प्रासंगिक होना, संबंध रखना [His remarks do not ~ **upon** the matter in hand], **to ~ up** धैर्य्यपूर्वक सहना, हिम्मत न हारना [to ~ up against *or* under misfortune] ; **to ~ with** सहनशीलता से काम लेना, नाराज़ न होना [Bear with me while I point out your mistakes]

bearable बेॅअर-बल *a* सह्य, सहनीय

beard बियर्ड *n* & *vt* ; दाढ़ी; *vt* खुल्लमखुल्ला विरोध करना, अवज्ञा करना, ललकारना; **to ~ the lion in his den** किसी को उसके घर पर जाकर ललकारना; *fig* विशेषज्ञ को उसके विषयज्ञान की त्रुटियां बताना

bearer बेॅअरर *n* **1** ले जाने वाला, वाहक; ढोने वाला, कहार, **2** पत्रवाहक, संदेशवाहक, **3** (होटल में) बैरा, **4** (बैंक में) चेक पेश करने वाला, धारक

bearing बेॅअरिङ्ग *n* **1** सहन, बरदाश्त [beyond ~], **2** व्यवहार, आचरण, चाल-ढाल [majestic ~], **3** (शरीर की) मुद्रा, ठवन, **4** संबंध, लगाव [His remarks have no ~ on this matter], **5** पहलू [Consider the problem in all its ~s], **6** (in *pl*) दिशा, दिशाज्ञान, स्थिति **I have lost my ~s** मुझे दिशाज्ञान नहीं रहा; मैं नहीं जानता कि कहां आ गया हूं ; मैं भटक गया हूं, **7** घूमते पुर्ज़े की रगड़ सहन करने वाला भाग, बियरिंग, धारक

bearish बेॅअरिश *a* (*commerc*) मन्दी का (see bear *n* 4)

beast बीस्ट *n* **1** पशु, जानवर; चौपाया, **2** पशुतुल्य मनुष्य, नरपशु, **3 the ~** (मनुष्य की) पाशविक वृत्ति; **~ly** *a* **1** पशुतुल्य, **2** अति कामुक, विलासी, **3** मनुष्य के उपयोग के अयोग्य; गंदा, घृणित

beat¹ बीट *vt* & *i* (**beat, beaten** *or* **beat**) **1** मारना, पीटना, प्रहार करना, **to ~ s.o. black and blue** इतना पीटना कि शरीर पर नील पड़ जाये; **to ~ one's breast** छाती पीटना, to ~ the drum ढोल पीटना, ढिंढोरा पीटना, to ~ out a path चल-चल के रास्ता बना लेना, **2 to ~ the air** व्यर्थ प्रयत्न करना, **3** हराना, परास्त करना [to ~ **the enemy**]; **to ~ s.o. hollow** किसी से बाज़ी ले जाना, **4** *colloq* समझ में न आना That ~s me यह बात मेरी समझ में नहीं आती; मैं हैरान हूं, **5 to ~ a retreat** पीछे हटना, भाग खड़ा होना, मैदान छोड़ना, **6 to ~ time** ताल देना, **7** (पंख) फड़फड़ाना, **8** *vi* (of heart) धड़कना, स्पन्दन करना, **9** (with *prepp*) **to ~ about the bush** घुमा-फिरा कर बात करना; to ~ **away, off** मार भगाना, खदेड़ना, to ~ **down** the price भाव कम करना या कराना, to ~ **s.o. up** खूब पीटना, to ~ **(up)** eggs अण्डे फेंटना, to ~ **up** recruits रंगरूट भरती करना

beat² *n* **1** चोट, आघात, **2** (हृदय की) धड़कन, स्पन्दन, **3** *mus* ताल, **4** (पहरेदार की) गश्त; गश्त का इलाका, हलका

beaten बीटन *a* ~ **path, track** लोगों के चलने से बना रास्ता, पगडंडी; *fig* परम्परागत तरीका, पुरानी लीक, सामान्य पद्धति; **off the ~ path** *or* **track** नया, अपूर्व, निराला, असाधारण

beatific बिय-टिफ़िक *a* परमसुखदायक, आनन्ददायक

beatification बियैटिफ़िकेशन *n* **1** परमानन्द देना; परमानन्दप्राप्ति, **2** (R.C. Ch.) यह घोषणा कि 'दिवंगत आत्मा आनन्द में है'

beatify बि-ऐटिफ़ाइ *vt* **1** सुखी करना, आनन्द देना, **2** (R.C. Ch.) दिवंगत आत्मा की आनन्दप्राप्ति की घोषणा करना

beating *n* **1** मार, मरम्मत [to take a ~], **2** हार, पराजय [**to take some, a lot of, ~**]

beatitude बि-ऐटिट्यूड *n* परम सुख, परमानन्द

beau बो *n* **1** बांका, छैला, **2** (नारी का) प्रेमी; **~ ideal** (बो आइडीअल) श्रेष्ठता अथवा सुन्दरता का आदर्श; **~ monde** (बो मोंड) अभिजात वर्ग, फैशनप्रिय समाज, शौकीन लोग

beauteous ब्यूटयस *a* (*rhet*) सुन्दर, रमणीय

beautician ब्यूटिशन *n* सौन्दर्यकला-विशेषज्ञ

beautiful ब्यूटिफ़ुल *a* **1** सुन्दर, रूपवान्, खूबसूरत; मनोहर, मनोज्ञ, रमणीय, **2** श्रतिमधुर, मधुर [~ voice], **3** भला, अच्छा, प्रशंसनीय, खूब

beautify ब्यूटिफ़ाइ *vt* सुन्दर बनाना, शोभा बढ़ाना, सजाना

beauty ब्यूटि *n* **1** सौन्दर्य, सुन्दरता, खूबसूरती, मनोहरता; **~ is only skin deep** रूप से गुणों का पता नहीं लगता, **2** सुन्दर स्त्री, सुन्दर वस्तु, **3** गुण; विशेषता, खूबी, **that is the ~ of it** यही तो इसकी खूबी है, **4** *comb:* **~ parlour** सौन्दर्य-सदन (जहां स्त्रियों के मुंह, हाथों, बालों आदि का सौन्दर्य बढ़ाने का काम होता है); **~ queen** सौन्दर्य-प्रतियोगिता की विजेता, परमसुन्दरी; **~ sleep** आधी रात से पहले की नींद; **~ spot** (i) स्त्री के चेहरे पर लगाई जाने वाली सौन्दर्यवर्द्धक बिन्दी, (ii) तिल, (iii) रमणीक स्थान, रम्य स्थल

beaver¹ बीवर *n* **1** ऊदबिलाव, **2** इसकी खाल

beaver² *n* (*hist*) (of helmet) चेहरे के निचले भाग तथा गर्दन को ढकने वाला भाग, अर्द्ध-चेहरा

beaver³ *vi* to ~ **away** (at sth) पर घोर परिश्रम करना

becalm बि-काम *vt* (usu in *pass*) (जहाज़ को) अनुकूल हवा से वंचित करना

because बिकॉज़ *adv* & *conj* **1 ~ of** के कारण,

2 *conj* क्योंकि, इस लिए कि, चूंकि

beck बे॑क *n* (*liter*) संकेत, इशारा; **to be at s.o.'s ~ and call** किसी की आज्ञा पालन के लिए तैयार रहना, किसी के इशारे पर चलना; **to have s.o. at one's ~ and call** किसी को अपने इशारे पर चलाना

becket बे॑किट *n* (*naut*) मस्तूल आदि बांधने के रस्से और अंकुड़े आदि

beckon बे॑कन *vt & i* 1 (किसी को) इशारे से बुलाना, इशारे से ध्यान आकर्षित करना [to ~ s.o.], 2 *vi* इशारा करना [to ~ to s.o.]

becloud बिक्लाउड *vt* 1 मेघाच्छादित करना, 2 धुंधला करना, पर परदा डालना [his reason was ~ed]

become बि-कम *vi & t* (became, become) 1 होना, हो जाना [to ~ known], बनना [to ~ a doctor etc]; **what has ~ of him?** उसका क्या बना? उसे क्या हुआ है?, 2 *vt* शोभा देना, फबना [this gown ~s you]; उचित या उपयुक्त होना [it ill ~s you to complain]

becoming बि-कमिंग *a* 1 शोभा देने वाला, शोभन, सुन्दर, 2 उचित, उपयुक्त, शोभनीय

bed^1 बे॑ड *n* 1 चारपाई, पलंग, शय्या, सेज; **~ of roses** फूलों की सेज, सुखद स्थिति, 2 *idioms:* **to make the ~** बिस्तर (की चद्दर आदि) ठीक करना, बिस्तर लगाना, **to put s.o. to ~** सुलाना; **to go to ~** सोने जाना, बिस्तर पर जाना, **to go to ~ with s.o.** से संभोग करना, **to lie in the ~ one has made** अपने किये का फल भोगना, 3 क्यारी, 4 (नदी या समुद्र की) तह, तल, 5 परत, 6 *comb:* **~-fellow** पत्नी, *fig* संगी, साथी, **~-pan** शय्या पर मूत्र या शौच करने का पात्र, हाजती, **~-ridden** रोग के कारण शय्या पर पड़ा रहने वाला, शय्याग्रस्त, रोगी; **~-rock** नदी के तल की चट्टान, *fig* मूल तत्त्व, मूल सिद्धान्त, मूल आधार; **~-sore** शय्याव्रण

bed^2 *vt* (-dd-) 1 **to ~ (out) plants** पौधों को (गमलों से निकाल कर) क्यारी में लगाना, 2 गाड़ना, 3 तहों में रखना या लगाना

bedabble बिडैबल *vt* (गंदे पानी या खून आदि के) धब्बे डालना, छींटे मारना

bedaub बिडॉब *vt* रंग-रोगन आदि पोतना; भड़कीले वस्त्र पहनाना, सजाना

bedazzle बिडैज़ल *vt* 1 चौंधियाना, 2 चकराना, भ्रम में डालना

bedding बे॑डिंग *n* 1 बिस्तर, बिस्तरा, बिछौना, 2 (पशुओं का) घास-फूस का बिछौना, 3 सबसे निचली परत

bedeck बिडे॑क *vt* सुन्दर वस्त्र पहनाना, खूब सजाना, शृंगार करना

bedevil बिडे॑वल *vt* (-ll-) 1 किसी के साथ पैशाचिक व्यवहार करना, तंग करना, सताना, परेशान करना, 2 भूत-प्रेत लगाना, जादू करना, 3 बिगाड़ना, गड़बड़ करना [This incident has ~led our relations with the neighbours]; **~ment** 1 भूत-प्रेत लगाना, परेशान करने वाली बात, घोर विपत्ति, मुसीबत, 2 गड़-बड़, उलझन

bedew बि-ड्यू *vt* (ओस की या ओस-जैसी) बून्दों से ढक देना, गीला करना [cheeks ~ed with tears]

bedim बि-डिम *vt* (-mm-) 1 धुंधला करना [eyes ~med with tears], 2 (विचार शक्ति) क्षीण करना [to ~ the mind]

bedizen बि-डिज़न *vt* भड़कीले वस्त्र पहनाना, खूब सजाना

bedlam बे॑ड् लम *n* 1 पागलखाना, 2 स्थान या सभा जहां हुल्लड़ मचा हो; **~ite** *n & a* पागल, विक्षिप्त

bed(o)uin बे॑डुइन *n* अरब का खानाबदोश, बद्दू

bedraggle बि-ड्रैगल *vt* 1 (पोशाक आदि को) घसीटने से गीला और गन्दा करना, लथेड़ना, 2 **~d** (of person) गंदा, मैला-कुचैला

bee बी *n* 1 मधुमक्खी, 2 भौंरा, 3 **to have a ~ in one's bonnet** किसी बात की सनक होना, 4 सदा काम में व्यस्त रहने वाला व्यक्ति, 5 **~hive** (i) (मधुमक्खियों का) छत्ता, (ii) स्थान जहां बहुत से लोग कार्यव्यस्त हों, भीड़-भाड़ वाली जगह; **~-line** मधुमक्खी या पक्षी के उड़ने का (सीधा) मार्ग, (दो स्थानों के बीच जल्दी से तय किया जाने वाला) सीधा मार्ग, we made a ~-line for the station हम झटपट सीधे स्टेशन गये

beech बीच *n* 1 एक प्रकार का सफ़ेदा (जिस पर छोटा-सा फल लगता है), बीच, 2 इसकी लकड़ी

beef बीफ़ *n* 1 गाय-बैल का मांस, गोमांस, 2 **~-tea** गोमांस की यखनी, 3 **~y** *a* (i) गोमांस-जैसा, (ii) मांसल, हट्टा-कट्टा

Beelzebub बि-ऍल्ज़िबब *n* 1 शैतान, 2 दुष्टव्यक्ति

beep बीप *n* 1 मोटर कार के भोंपू की आवाज़, 2 2 (कई यन्त्रों की) तीव्र ध्वनि

beer बियर *n* 1 जौ की शराब, बियर, **small ~** पतली बियर, *fig* मामूली बात; **to think no small ~ of s.o.** किसी के बारे में बहुत अच्छी राय होना, बहुत अच्छा समझना

beestings बीस्टिंग्ज़ *n pl* (वि॰ गाय का) ब्याने के बाद का पहला दूध, पेवस

beet बीट *n* चुकन्दर (का पौधा); **~root** चुकन्दर

beetle^1 बीटल *n* 1 मुद्‌गर, मुंगरा, दुरमुट, 2 **~-brain** मूर्ख, बुद्धू

beetle^2 *n* 1 एक प्रकार का उड़ने वाला कीड़ा, भौंरा; फूंगा, गुबरैला आदि, 2 अदूरदर्शी व्यक्ति

beetle^3 *a & vi* 1 आगे को निकला हुआ, उभरा हुआ, 2 **~ brows** उभरी हुई और घनी भौंहें, **~-browed** ऐसी भौहों वाला; *vi* (भौंहों, चट्टानों का) आगे को निकला या झुका होना

befall बि-फ़ॉल *vi* & *t* (befell, ~en); होना, घटित होना; *vt* (किसी के साथ) घटित होना, पर बीतना या गुज़रना; What has ~en him? उसे क्या हुआ है ?

befit बि-फ़िट *vt* (-tt-) 1 उचित या उपयुक्त होना, ठीक होना, 2 फबना, शोभा देना, 3 कर्त्तव्य होना, 4 ~**ting** *a* उचित, उपयुक्त [dress ~ting the occasion]

befog बि-फ़ॉग *vt* (-gg-) 1 कुहरे से ढक देना, धुंधला करना, 2 (बुद्धि पर) परदा डालना,(विचार-शक्ति) क्षीण करना, 3 अस्पष्ट बना देना

befool बि-फ़ूल *vt* धोखा देना, चकमा देना, उल्लू बनाना

before बि-फ़ोर *adv*, *prep* & *conj* 1 पहले [I have seen him ~], आगे [trees ~ and behind], 2 *prep* के पहले, ~ Christ (= B.C.) ईसा के (जन्म से) पहले, ईसापूर्व; we are ~ time हम (नियत) समय से पहले पहुँच गये हैं; सामने [~ my eyes], 3 *conj* से पहले [See me ~ you leave]; अपेक्षाकृत अच्छा समझना, बेहतर समझना [I'll die ~ I tell a lie]

beforehand बिफ़ोर्हैन्ड *adv* 1 पहले, पहले (ही) से [I knew it ~], 2 **to be ~ with** समय से पहले (तैयारी या प्रबन्ध) कर लेना, to be ~ with the rent समय से पहले किराया दे देना

befoul बिफ़ाउल *vt* 1 अपवित्र या **भ्रष्ट** करना, 2 गन्दा करना, मैला करना

befriend बि-फ़्रेंन्ड *vt* 1 मित्रवत् व्यवहार करना, 2 सहायता करना, पक्ष लेना

befuddle बि-फ़डल *vt* 1 (शराब से) मदहोश करना, 2 **भ्रम** में डालना, चकराना

beg बेंग *vt* & *i* 1 मांगना [to ~ food, alms, money, etc], to ~ one's food भीख पर निर्वाह करना, 2 प्रार्थना या विनती करना, मांगना [to ~ **a favour of** s.o.]; *vt* & *i* [to ~ (of) s.o. to do sth], 3 (अनुमति) मांगना [to ~ leave], **I beg to differ** (क्षमा कीजिए) मेरा इस विषय में मतभेद है, 4 **to beg the question** विवाद-ग्रस्त बात को सत्य मान लेना; साध्य को सिद्ध मान कर तर्क करना; *pop* मामले को टालना [The report consistently ~s the question], 5 **to ~ off** (कर्तव्य या ज़िम्मेवारी से) छुटकारा चाहना, माफ़ी चाहना [I'd love to go, but I have to ~ off], 6 These jobs **go (a-)begging** इन नौकरियों को लेने वाले नहीं मिलते

beget बि-गेंट *vt* (begot, begotten) 1 [usu of father) पैदा करना, प्रजनन करना; **He begot** two sons **उस के** दो पुत्र हुए, 2 का कारण होना, पैदा करना [War ~s misery]

beggar बेंगर *n* & *vt* 1 भिखारी, भिखमंगा, फ़कीर, 2 मांगने वाला; **~s must not be choosers** मांगने वाले को जो भी मिल जाये ले लेना चाहिए; *vt* 1 निर्धन बना देना, भीख मंगवा देना, 2 मात करना, 3 के साधन समाप्त कर देना, अपर्याप्त सिद्ध करना, **to ~ description** वर्णन में न आना, वर्णनातीत होना, बयान से बाहर होना

beggarly *a* 1 निर्धन, कंगाल; कमीना, अनुदार, 2 तुच्छ, बहुत मामूली [~ wage], 3 मन्दबुद्धि

beggary बेंगरि *n* कंगाली, दरिद्रता [reduced to ~]

begin बि-गिन *vt* & *i* (began, begun) 1 आरंभ या शुरू करना [to ~ work, to ~ crying; to ~ to cry]; सूत्रपात करना; (युद्ध, किस्सा आदि) छेड़ना, 2 I ~ to feel that... मैं महसूस करने लगा हूं कि..., 3 *vi* आरंभ होना, 4 बोलना शुरू करना, 5 **to ~ with** पहली बात यह है कि; **beginner** *n* 1 आरंभ करने वाला, **प्रवर्त्तक** 2 नौसिखिया

beginning बिगिनिंग *n* 1 आरंभ, उपक्रम, आदि, शुरूआत; प्रथम भाग, 2 मूल, जड़, 3 **the ~ of the end** अन्तिम परिणाम का पहला स्पष्ट संकेत

begird बिगर्ड *vt* (begirt) 1 पेटी बांधना, 2 घेरना

begone बि-गॉन **v** (*inf* & *imper* only) दूर हट, चल हट, भाग जा

begonia बि-गोनियः *n* एक पौधा जिसका रंग-बिरंगा पुष्पछद होता है परन्तु पंखुड़ियां नहीं होतीं, बिगोनिया

begrime बिग्राइम *vt* बहुत मैला या गंदा करना

begrudge बि-ग्रज *vt* (किसी बात पर) असन्तोष व्यक्त करना, (किसी बात से) असन्तुष्ट होना; **to ~ s.o. sth** (i) किसी के पास कोई वस्तु होने पर उससे ईर्ष्या करना, (ii) किसी को कोई चीज़ बड़ी अनिच्छा से देना

beguile बि-गाइल *vt* 1 बहकाना, फुसलाना [to ~ s.o. **with promises**], 2ठगना, लूटना [to ~ **s.o· (out) of sth**], 3 जी बहलाना [many attractions to ~ the tourist], 4 से ध्यान हटाना, भुलाना; to ~ the time doing sth काम में व्यस्त रहना जिससे कि समय बीतता पता न चले; समय बिताने के लिए कुछ करते रहना; **~ment** *n* 1 बहकावा, छल, धोखा, 2 दिल-बहलाव

behalf बि-हाफ़ *n* 1 **on ~ of** की ओरसे [on ~ of my colleagues and myself I thank you]; के नाम पर [He is acting on ~ of the Chairman]; के प्रतिनिधि के रूप में, 2 के पक्ष में [He pleaded **in**, on, my ~]

behave बि-हेव *vi* & *refl* 1 व्यवहार करना,बर्ताव करना, आचरण करना, पेश आना [to ~ well towards s.o.], 2 (of machine) to ~ well, badly ठीक (या बुरी) तरह काम करना, 3 *v refl* Behave yourself ! शरारत मत करो!

behaviour बि-हेविअर *n* 1 आचरण, आचार, चाल-चलन, चाल-ढाल, **to be on one's good,**

best, ~ चाल-चलन ठीक रखना, नेकचलनी का प्रदर्शन करना, 2 ~ **towards** s.o. व्यवहार, वर्ताव, सलूक, 3 (of machine) काम करने का ढंग

behaviourism बि-हेविअरिज़्म *n* (*psych*) व्यवहार या आचरण का अध्ययन, व्यवहारवाद

behead बि-हॅ़ड *vt* सिर काट या उड़ा देना

behest बि-हॅ़स्ट *n* (*liter*) आदेश, **at his** ~ उसके आदेश पर

behind बि-हाइन्ड *adv*, *prep* & *n* 1 पीछे, पीछे की ओर [Look ~]; पीछे-पीछे, 2 *prep* के पीछे, की तह में [what is ~ all this?]; **to be** ~ **s.o.** किसी का पृष्ठपोषण करना, ~ **one's back** किसी के पीठ पीछे, ~ **schedule**, ~ **time** देर से; ~ **the times** पुराना-धुराना, 3 *n* चूतड़, नितम्ब

behindhand बिहाइन्ड्हैन्ड *adv* & *pred a* 1 पिछड़ा हुआ, फिसड्डी [He is not ~ in generosity], 2 जिसके ज़िम्मे कुछ बकाया हो [He is ~ with the rent]

behold बि-होल्ड *vt* (beheld) (*liter*) 1 देखना, 2 ध्यान देना

beholden बि-होल्डन *pred a* आभारी [I am ~ to you]

behoof बि-हूफ़ *n* to, for, on, s.o.'s ~ किसी के लाभ के लिए, किसी के हित में (*arch* only)

behove बि-होव *vt impers* कर्त्तव्य होना, ज़िम्मा होना [it ~s you to protect us]; उचित होना, शोभा देना [it doesn't ~ you to complain]

being बीइंग *n* 1 अस्तित्व, सत्ता, हस्ती; **in** ~ अस्तित्ववान्, विद्यमान, **to come into** ~ जन्म लेना, पैदा होना, आविर्भाव होना, 2 प्राणी, जीव, **the Supreme B**~ ईश्वर, 3 स्वभाव, प्रकृति; सार, तत्त्व

belabour बि-लेबर *vt* 1 खूब मारना, मरम्मत करना, कचूमर निकालना, 2 ज़रूरत से ज़्यादा विस्तार करना [to ~ a subject]

belated बि-लेटिड *a* 1 विलम्ब से आने या होने वाला, मौका निकल जाने के बाद का, विलंबित [~ birthday greetings], 2 जिसे अंधेरे या रात ने आ घेरा हो [~ traveller]

belay बि-ले *vt* & *n* (रस्सी को) खूंटी या कीली से बांधना, दुफन्दी गांठ देना या लगाना [to ~ a rope]; ~**ing-pin** (रस्सी बांधने की) खूंटी, कीली; *n* पत्थर की खूंटी

belch बेॅल्च *vi* & *t* 1 डकार लेना, 2 *vt* ज़ोर लगा कर (कुछ) कहना, 3 (of gun) (गोले) बरसाना, (of chimney, volcano) (धूआँ या आग आदि) उगलना, छोड़ना, निकालना

beldam(e) बेॅल्डम *n* 1 कुरूप बुढिया, 2 चुड़ैल, 3 लड़ाकी स्त्री, कर्कशा

beleaguer बि-लीगर *vt* 1 (सेना से) घेर लेना, घेरा डालना [~ed town], 2 (कष्टों या परेशानियों से) घेरना [~ed man]

belfry बेॅल्फ़्रि *n* 1 घंटे की मीनार, घंटाघर, 2 मीनार में वह जगह जहां घंटा लटका रहता है, घंटास्थान

belie बि-लाइ *vt* (belying) 1 झुठलाना, झूठा करना, झूठा साबित करना; असलियत छिपाना, पता न लगने देना [His cheerful appearance ~d his feelings], 2 (आशा आदि) पूरा न करना [**to** ~ **one's hopes**], (वचन या वादा) न निभाना, न पालन करना, 3 गलत रूप में प्रस्तुत करना

belief बि-लीफ़ *n* 1 (व्यक्ति पर) विश्वास, भरोसा, एतबार; आस्था, श्रद्धा, 2 (के अस्तित्व पर, की सत्यता पर) विश्वास, एतबार, 3 धारणा, राय, मत, विचार, विश्वास, **to the best of my** ~ मुझे पूरा विश्वास है कि, 4 (धार्मिक) विश्वास, सिद्धान्त, मत, धर्म [the Hindu, Christian, etc ~]

believable *a* विश्वास के योग्य, मानने लायक, विश्वसनीय

believe बि-लीव *vi* & *t* 1 विश्वास करना या रखना, आस्था रखना [to ~ in God, religion], सच समझना [to ~ in ghosts], अच्छा समझना [to ~ in doctors], 2 *vt* (व्यक्ति पर) विश्वास करना [to ~ s.o.], 3 (बात या कथन को) मानना, सच मानना, पर विश्वास करना, ~ **it or not** मानो न मानो पर यह है सच, 4 विचार या राय होना, ख्याल करना, Ten persons are believed to have been killed in the accident ख्याल (किया जाता) है कि दुर्घटना में दस व्यक्तियों की मृत्यु हो गई, 4 **to make** ~ **to do sth** कुछ करने का ढोंग या दिखावा करना; **believer** *n* आस्तिक

belittle बि-लिटल *vt* 1 कम करना, कम करके दिखाना, अपेक्षा या तुलना में छोटा दिखाना, 2 तुच्छ समझना, तुच्छ बताना, कम महत्त्व का समझना [to ~ s.o., s.o.'s merit], 3 निन्दा करना

bell बेॅल *n* 1 घंटी, घंटा, घड़ियाल; घुंघरू; **to bear away the** ~ प्रथम आना, जीतना, 2 घंटा बजना, घंटे की आवाज, 3 फूल का घंटाकार भाग, घंटिका, 4 ~**-bottomed trousers** घुटने के नीचे-नीचे ज़्यादा चौड़ी पतलून; ~**-metal** काँसा, घंटा धातु; ~**-wether** रेवड़ की अगली भेड़ (*fig*, *pej*) अगुआ, सरदार, सरग़ना; *vt* घँटी या घंटियाँ बाँधना; **to** ~ **the cat** बिल्ली के गले में घंटी बाँधना; *fig* सब के लिए समान संकट का सामना करने के लिए आगे आना, साहस करना

belladona बेॅल-डोनः *n* 1 एक प्रकार का विषैला पौधा, बेलाडोना, 2 इस से बनी औषध

belle बेॅल *n* 1 सुन्दरी, 2 समुदाय में सब से सुन्दर स्त्री, सर्वसुन्दरी [the ~ of the ball; the ~ of Bombay]

belle-lettres बेॅल्-लेॅट्र *n pl* (*occas* treated as *sing*) साहित्य (वि० निबन्ध, आलोचना आदि), ललित साहित्य

bellicose बेˋलि-कोस *a* 1 युद्धप्रिय, युयुत्सु, लड़ाका, लड़ाकू, 2 झगड़ालू

bellicosity बेˋलिकोˋसिटि *n* 1 युद्धप्रियता, लड़ाकूपन, 2 झगड़ने की प्रवृत्ति

belligerency बि-लिजरन्सि *n* युद्धरत देश का (कानूनी) दर्जा या स्थिति, युद्धकारिता

belligerent बि-लिजरन्ट *a* 1 (of nation, party or person) युद्ध में भाग लेने वाला, युद्धरत, युद्धकारी, 2 विरोधी, शत्रु, 3 झगड़ालू, 4 ~ **rights** युद्धकारी देशों के अधिकार

bellow बेˋलो *vi & t & n* 1 (बैल का) डकारना, 2 कराहना, चीखना, 3 *vt* (गुस्से से) चिल्ला कर कहना; *n* डकार, गरज, चीख

bellows बेˋलोज़ *n pl* (*occas* treated as *sing*) धौंकनी, भाथी; **a pair of** ~ (आग सुलगाने के लिए दो मुठियों वाली) धौंकनी

belly बेˋलि *n* 1 पेट, उदर; तोंद, 2 कोख, बच्चादानी, 3 वस्तु का भीतरी भाग, 4 वस्तु का उभरा हुआ भाग; वायोलिन का तूंबा, 5 ~**-ache** पेट दर्द, ~**-landing** (विमान का) पेट के बल उतरना; ~**ful** *a* पेटभर

belong बि-लोˋङ्ग *vi* 1 किसी का होना, किसी की मिल्कियत होना [This book ~s to me], 2 संबंध होना, संबंधित होना, अन्तर्गत होना, शामिल होना [That ~s to my duties], 3 to ~ to a society सभा का सदस्य होना, to ~ to a place स्थान का निवासी होना; I ~ here मैं यहां का रहने वाला हूं, 4 (वर्गीकरण में) अमुक वर्ग में रखने योग्य होना [to ~ **in, under**]

belongings बि-लोˋङ्गिङ्ग्ज़ *n pl* (व्यक्ति की) चलसंपत्ति, सामान, माल-असबाब

beloved बिलव्ड 1 *pp & a* प्रिय [~ **of, by,** the nation], 2 *a & n* (बिलविड) अति प्रिय, [my ~ son]; *n* प्रिय व्यक्ति, प्रियतम, प्रेयसी [my ~]

below बि-लो *adv & prep* 1 नीचे [the rule quoted ~]; निचली मंज़िल पर [the flat ~ is to let]; निचला [the court ~], 2 *prep* के नीचे [~ the table]; से कम [~ the average]; ~ **one's breath** (सांस चलने से भी) धीमे स्वर में

belt बेˋल्ट *n & vt & i* 1 पेटी, कमरबन्द, कटिबंध, मेखला; **to hit s.o. below the** ~ किसी पर धोखे से वार करना, नियमविरुद्ध या अनुचित प्रहार करना, 2 *mech* पट्टा, 3 (अपेक्षाकृत लंबा) इलाका, प्रदेश, क्षेत्र, पट्टी [coal, cotton, wheat, ~], 4 (किसी चीज के इर्द-गिर्द रंग आदि की) पट्टी, धारी; *vt* 1 पेटी बांधना, 2 पेटी से मारना, 3 *vi* (*colloq*) **to ~ up** (विमान या मोटरगाड़ी में सीट पर लगी) पेटी बांधना

bemire बि-माइअर *vt* 1 कीचड़ से लथपथ करना, 2 in *pass* कीचड़ में धँस जाना

bemoan बि-मोन *vt* (किसी बात पर) विलाप करना, रोना, रोना-पीटना

bemuse बि-म्यूज़ *vt* चक्कर में डालना, स्तब्ध करना

bench बेˋन्च *n* 1 चौकी, बेंच, 2 न्यायासन, न्यायाधीश का पद, न्यायपीठ, पीठ, 3 न्यायालय, 4 न्यायाधीशगण; **to be on the** ~ जज के रूप में काम करना, 5 *Parl:* वर्ग विशेष के लिय नियत बेंच, **treasury** ~**es** मन्त्रियों की बेंचे; मन्त्रिवर्ग, 6 (तरखान आदि की) मेज़, 7 (पहाड़ी की ढलान पर बनी) पैड़ी, कगर, 8 ~**-mark** निश्चित ऊंचाई या स्तर सूचित करने के लिये चट्टान आदि पर बनाया गया चिन्ह; स्तरˋचिह्न, *fig* कसौटी

bend^1 बेˋन्ड *n* (*naut*) गांठ [fisherman's, weaver's, ~]

bend^2 *n* 1 (of road, river) मोड़, घुमाव, 2 (वस्तु का) मुड़ा हुआ भाग, मोड़ [~ of pipe etc], 3 झुकाव, टेढ़ापन

bend^3 *vt & i* (bent, *pp* bent exc in 'bended knees') 1 मोड़ना, टेढ़ा करना [to ~ a rod], झुकाना [to ~ one's knees], 2 वशीभूत करना, वश में करना, झुकाना [The British could not ~ Gandhiji], 3 प्रयुक्त करना, लगाना, **to ~ one's energies, oneself, to a task** काम में अपनी शक्ति लगा देना, काम में जुट जाना, 4 (in *pass*) **to be bent on (doing) sth** पर तुला हुआ या उतारू या कटिबद्ध होना, 5 दिशा-विशेष में (दृष्टि, कदम) मोड़ना, **to ~ one's steps homewards** घर लौट चलना, 6 *vi* मुड़ना [the road ~s to the right], 7 झुकना, दबना, अधीनता स्वीकार करना [**to ~ before s.o.**]

beneath बि-नीथ *adv & prep* 1 (*arch & liter*) नीचे, तले [heaven above and the earth ~], 2 *prep.* **to be ~ one** किसी के अयोग्य होना, किसी के लिए अनुचित होना, शान के खिलाफ होना [it is ~ him to complain]

benediction बेˋनि-डिक्शन *n* 1 आशीर्वाद, मंगल कामना, शुभ कामना, स्वस्तिवाचन, 2 वरदान, 3 परमानन्द

benedictory बेˋनि-डिक्टरि *a* आशीर्वादात्मक, मांगलिक

benefaction बेˋनि-फ़ैक्शन *n* 1 उपकार, भलाई, 2 (धर्मार्थ) दान

benefactor बेˋनि-फ़ैक्टर *n* 1 उपकार या भला करने वाला, उपकारी, उपकारक, मेहरबान, 2 दानी, 3 (धर्मार्थ संस्था का) संरक्षक, 4 [fem **benefactress**]

benefic बिनैˋफ़िक *a* अच्छा प्रभाव डालने वाला, शुभ

benefice बेˋनि-फ़िस *n* 1 पादरी को निर्वाहार्थ दी गई संपदा, 2 इस संपदा से होने वाली आय

beneficence बिनेˋफ़िसन्स *n* 1 परोपकार, भलाई, 2 परोपकार का काम

beneficent बि-नेˋफ़िसन्ट *a* 1 परोपकारी; हितकारी, 2 हितकर, लाभप्रद, अच्छा

beneficial बें̆नि-फ़िशल *a* 1 हितकर, लाभदायक [the ~ effects of sunshine], 2 हितकारी [a ~ association], 3 *law* संपत्ति के उपभोग का अधिकारी [~ owner]

beneficiary बें̆नि-फ़िशरि *n* 1 (वि० किसी की वसीयत या बीमे से संपत्ति आदि) लाभ पाने वाला, लाभग्राही, 2 *eccl* निर्वाहार्थ संपदा पाने वाला पादरी

beneficiation बें̆निफ़िसिएशन *n* (कच्ची धातु आदि का) परिष्करण

benefit बें̆निफ़िट *n* & *vt* & *i* (-fited *or* -fitted, -fiting *or* -fitting) 1 लाभ, फ़ायदा [the ~s of yoga], 2 **the ~ of the doubt** सन्देह का लाभ (जिसमें अभियुक्त के अपराध के विषय में कुछ सन्देह रहने पर उसे निरपराध मान लिया जाता है), 3 (बीमे आदि से मिलने वाला) भत्ता आदि लाभ, सुविधा, **maternity ~** जच्चा को मिलने वाली, सुविधाएं; **sickness ~** बीमारी में मिलने वाला भत्ता, **unemployment ~** बेरोज़गारी भत्ता, 4 हित, **~ society** परस्पर-हितकारिणी सभा, 5 धर्मार्थ नाटक या मैच आदि; *vt* 1 लाभ पहुंचाना [to ~ s.o.], 2 *vi* लाभ उठाना [to ~ by s.o.'s advice; to ~ **from** one's own experience]

Benelux बें̆निलक्स *n* बेल्जियम, नैदरलैंड और लक्समबर्ग का (आर्थिक) संघ, बेनिलक्स

benevolence बि-नें̆वलन्स *n* 1 परोपकार की भावना, परोपकारिता, दयालुता, 2 परोपकार का काम, 3 दान

benevolent बि-नें̆वलन्ट *a* 1 भला करने वाला, परोपकारी, दयालु, हितेच्छु, 2 सहायता करने का, परोपकारिता का, सद्भावपूर्ण [~ attitude], 3 परोपकारार्थ, सहायतार्थ [a ~ society]

benighted बि-नाइटिड *a* 1 (of traveller) जिसे रात ने आ घेरा हो, रात्रिग्रस्त, 2 जिसे सदसद्विवेक न हो, विवेकहीन, अज्ञानी; मूढ़, 3 अज्ञ, अबोध, अनजान

benign बि-नाइन *a* 1 कृपालु, दयालु, सज्जन, भला, 2 (of climate etc) स्वास्थ्यप्रद, अच्छा; (of omen) शुभ; 3 *med* जो उग्र न हो, हल्का, सुसाध्य

benignant बि-निग्नन्ट *a* 1 छोटों पर कृपा करने वाला, कृपालु, मेहरबान, भला, 2 स्वास्थ्यप्रद, 3 *med* सुसाध्य; **~ly** *adv* कृपापूर्वक

benignity बि-निग्निटि *n* कृपालुता, दयालुता, मेहरबानी

bent^1 बें̆न्ट *n* 1 एक प्रकार की लंबी घास, शरघास, 2 (फूल की) कड़ी डंडी, 3 चरागाह

bent^2 *n* 1 प्रवृत्ति, झुकाव, रुझान, रुचि (a ~ for painting], 2 **to the top of one's ~** जी भर कर

Benthamism बेन्थमिज़्म *n* अधिकाधिक लोगों को अधिकाधिक सुख पहुंचाने का सिद्धान्त; 'बहुजनसुखाय बहुजनहिताय' का सिद्धान्त [Jeremy Bentham 1748-1832]

benthos बें̆न्थों̆स *h* समुद्र या झील के तल में पाये जाने वाले प्राणी और पौधे, नितलजीवजात

benumb बि-नम *vt* 1 (usu of cold) सुन्न कर देना, अशक्त या निश्चेष्ट कर देना, 2 to ~ the mind विचारशक्ति नष्ट कर देना

benzene बें̆न्ज़ीन *n* तारकोल से प्राप्त और रंग बनाने एवं ईन्धन के रूप में प्रयुक्त द्रव, बेनज़ीन

benzine बें̆न्ज़ीन *n* साफ़ करने और रंगने में प्रयुक्त द्रव, बेन्ज़ीन

benzol, बें̆न्ज़ों̆ल **-ole** -ज़ोल *n*=benzene

bequeath बि-क्वीद *vt* 1 वसीयत द्वारा किसी को (संपत्ति) देना, दे जाना, दे मरना, छोड़ जाना, उत्तरदान करना [to ~ one's property **to** s.o.], 2 (अपना उदाहरण आदि) भावी पीढ़ियों के लिए छोड़ जाना, दे जाना [the yoga philosophy ~ed to us by Patanjali]

bequest बि-क्वें̆स्ट *n* 1 वसीयत द्वारा देना, उत्तरदान, 2 वसीयत द्वारा दी गई संपत्ति, उत्तरदान; देन

berate बि-रेट *vt* झिड़कना, भर्त्सना करना

bereave बि-रीव *vt* (bereft in sense 1; bereaved in sense 2), 1 (आशा, बुद्धि आदि से) विरहित करना, छीन लेना; bereft **of** all hope आशारहित, 2 (of illness, accident, death) (निकट संबंधी) छीन लेना, से वंचित या विरहित करना; **the ~d** (family) मृतक का परिवार, शोकसंतप्त परिवार; **~ment** *n* निकट संबंधी की मृत्यु, शोक, सोग

bergschrund G बें̆अर्क्‌श्रुन्ट *n* ग्लेशियर (हिमनदी) में गहरा खड्ड, हिमदर

beriberi बें̆रि बें̆रि *n* विटामिन B^1 की कमी से होने वाला रोग जिसमें उंगलियों में दर्द तथा शरीर में सूजन होती है, बेरीबेरी

berm बर्म *n* (सड़क के साथ-साथ) घास की पट्टी या तंग पटरी

berry बें̆रि *n* रसभरी की तरह का फल, सरस फल

berserk बर्‌-सर्क *n* & *a* नार्वे का जंगली योद्धा जो बड़े जोश से लड़ता है; *a* वहशी, पागल, **to go** *or* **be ~** बेकाबू या पागल हो जाना; **to send s.o. ~** पागल कर देना

berth बर्थ *n* 1 जहाज के लंगर डालने की जगह, लंगरगाह, घाट, 2 समुद्र में खुली या पर्याप्त जगह, **to give a ship a wide ~** जहाज से बच कर निकल जाना, (*fig*) **to give s.o. a wide ~** किसी से दूर रहना या बचना, 3 (यात्री के) सोने की जगह, शायिका, 4 नौकरी, जगह

beryl बें̆रिल *n* वैदूर्य या वैडूर्य मणि

beseech बिसीच *vt* (besought) 1 अनुनय-विनय करना, विनती करना, मिन्नत करना [to ~ s.o., to do sth, **for** sth], 2 अनुनयपूर्वक मांगना

beseem बिसीम *vt* (*arch*) उचित होना, शोभा देना

beset बिसें̆ट *vt* (beset; besetting) 1 (मार्ग) रोक लेना, 2 (of difficulties, doubts, temptations) व्यक्ति को घेर लेना, सताना; (of misfortunes) पर आ पड़ना, टूट पड़ना, 3 a task ~ **with** difficulties काम जिसमें बहुत कठिनाइयां हों, **~ting** sin किसी से बार-बार होने वाला पाप, न छूटने वाली बुरी आदत या कमज़ोरी; **~ment** *n* 1 न छूटने वाली बुरी आदत, 2 (कठिनाइयों, मुसीबतों से) घिरा हुआ होना

beside बि-साइड *prep* 1 पास, निकट, समीप, बगल में, 2 की तुलना में, की अपेक्षा [~ him other writers seem amateurish], 3 असंबंधित, से अलग, that is, **~ the point, ~ the question** इसका विचाराधीन विषय से कोई संबंध नहीं है, 4 **to be ~ oneself** आपे से बाहर होना

besides बि-साइड्ज़ *adv* & *prep* 1 इसके अतिरिक्त, अपि च, 2 *prep* के अतिरिक्त, के अलावा

besiege बि-सीज *vt* 1 घेरना, घेर लेना, घेरा डालना [to ~ a town], 2 के चारों ओर भारी भीड़ कर देना, 3 (प्रार्थनाओं से) अभिभूत कर देना, I have been **~d with** requests मेरे पास बहुत लोगों की प्रार्थनाएं आई हैं

beslaver बिस्लेवर, **beslobber** बिस्लॉबर *vbs* 1 पर बहुत लार टपकाना, 2 बहुत चापलूसी या खुशामद करना

besmear बिस्मियर *vt* 1 चिपचिपे या चिकने पदार्थ से लेप करना, ऐसा पदार्थ पोत देना [to ~ **with** sth], 2 *fig* कालिख पोतना, कलङ्क लगाना [to ~ s.o.'s reputation]

besmirch बिस्मर्च *vt* 1 गंदा या मैला करना, धब्बे डालना, 2 रंग बिगाड़ना, चमक या कान्ति कम कर देना, 3 *fig* कलङ्क लगाना [to ~ s.o.'s reputation]

besot बिसॉट *vt* 1 मतवाला या मदहोश या संज्ञाहीन कर देना; विचारशक्ति नष्ट कर देना, 2 पागल कर देना, मोहित करना

bespatter बिस्पैटर *vt* 1 (वस्तु पर) छींटे डालना, छींटों से भर देना [**~ed with mud**], 2 (तरल पदार्थ) छिड़कना, 3 गाली देना, बहुत बदनामी करना, 4 बहुत चापलूसी करना

bespeak बिस्पीक *vt* (**bespoke, bespoken**) 1 सूचित करना, संकेत या प्रतीक या प्रमाण होना; his conversation ~s a man of learning उसकी बातचीत से पता चलता है कि वह विद्वान् है, 2 पहले से ले रखना, आरक्षित करवाना, 3 (माल का) आर्डर देना

bespoke *a*. **~ tailor** व्यक्ति के आर्डर पर कपड़े सीने वाला; **~ coat** आर्डर देकर सिलवाया गया कोट

besprinkle बिस्‌प्रिङ्कल *vt* 1 (वस्तु पर) छिड़कना, छिड़काव करना; बिखेरना, छिटकाना [to **~ the floor with water etc**], 2 (पानी आदि) छिड़कना [to **~ water etc over the floor**]

Bessemer बेसिमर *n*. **~ process** इस्पात बनाने की विधि-विशेष; **~ steel** इस विधि से निर्मित इस्पात

best^1 बेस्ट *a* (*superl* of good); *adv* (*superl* of well) & *n* I *a* 1 सब से अच्छा, उत्तम, सर्वोत्तम, सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्कृष्ट; **to put one's ~ foot forward** जितना तेज हो सके चलना, पूरी-पूरी कोशिश करना, 2 अधिकांश [**the ~ part** of the day, year, etc], 3 **~-seller** बहुत बिकने वाली पुस्तक; लेखक जिसकी रचनाएँ बहुत बिकती हों; II *adv* 1 सब से अच्छा [Do as you think ~], सब से अधिक, सब से या बहुत अच्छी तरह से [you know ~], **as ~ as one can** जितना अच्छा कोई कर सके, 2 **had ~** करना चाहिए, यह बुद्धिमत्ता की बात होगी कि [you had ~ phone the police]; III *n* 1 सब से अच्छी बात या चीज़ या व्यक्ति [you haven't heard the ~; the ~ of us can make mistakes], 2 मुख्य लाभ, मुख्य गुण [That is the ~ of knowing a foreign language], 3 विजय, **to get, have, the ~ of it** वाद-विवाद या प्रतियोगिता में जीत जाना, 4 **All the best!** हार्दिक शुभकामना! **at ~** अधिक से अधिक (यही कहा जा सकता है या हो सकता है कि); **to be at one's ~** बहुत अच्छी दशा या अवस्था में होना, **to do one's ~** भरसक प्रयत्न करना, **to make the ~ of it** धैर्यपूर्वक सहना, सन्तुष्ट रहना; **to make the ~ of a bad bargain** *or* **business** *or* **job,** etc अप्रिय स्थिति को धैर्यपूर्वक सहना; (अप्रिय स्थिति में) जो हो सके करना और सन्तुष्ट रहना; **to make the ~ of one's opportunities** अवसर का सदुपयोग करना, अवसर से पूरा-पूरा लाभ उठाना, **to make the ~ of one's way** जितना तेज हो सके चलना, तेजी से प्रगति करना; **to the ~ of one's ability** *or* **power** अपनी पूरी योग्यता या शक्ति से, यथायोग्यता, यथाशक्ति; **to the ~ of one's knowledge** जहां तक कोई जानता हो, जहां तक किसी को मालूम हो

best^2 *vt* (*colloq*) चालाकी से हरा देना, उल्लू बनाना

bestial बेस्टियल *a* 1 जानवरों-जैसा, पशुवत्, 2 पाशविक, बर्बर, क्रूर, 3 दुराचारी, लम्पट

bestiality बेस्टि-ऐलिटि *n* 1 पशुता, 2 पाशविकता, बर्बरता, 3 लम्पटता, 4 पशु से संभोग, पशुगमन

bestir बिस्टर *vt* (-rr-) 1 झंझोड़ना, प्रेरित करना, 2 (often *refl*) **to ~ oneself** उठना, काम में लगना, दौड़-धूप करना

bestow बिस्टो *vt* देना, प्रदान करना, उपहार देना [to ~ a title, trophy, etc on s.o.]

bestowal बिस्टोअल *n* (उपहार-)प्रदान

bestrew बिस्ट्रू *vt* (किसी स्थान पर, कोई चीज) बिखेरना, छितराना [to ~ the road with flowers; to ~ flowers]

bestride बिस्ट्राइड *vt* (bestrode, bestridden)

(घोड़े, कुर्सी आदि पर) टांगें फैला कर बैठना; (किसी चीज़ या नाले आदि पर) टांगें फैला कर खड़ा होना

bet बॅ`ट *vt & i* (bet *or* betted; betting) & *n* 1 शर्त बदना या लगाना, बाज़ी लगाना [I ~ that it will rain], दाँव लगाना [I ~ five rupees], 2 *colloq* दृढ़ विचार होना, निश्चय होना [I ~ he's forgotten it], 3 *vi* [I don't like to ~]; *n* शर्त, बाज़ी, पण; दांव; **~ting** *n* बदान, बाज़ी

beta बीट: *n* 1 ग्रीक वर्णमाला का दूसरा वर्ण, 2 परीक्षा में दूसरे दर्जे के अङ्क; **~ plus** दूसरे दर्जे के औसत अङ्कों से कुछ अधिक, **~ minus** दूसरे दर्जे के औसत अङ्कों से कुछ कम

betake बि-टेक *v refl* (-took, -taken); to ~ oneself to s.o., to a place किसी के पास जाना, किसी जगह जाना

betel बीटल *n* 1 पान, तांबूल, 2 **~-nut** सुपारी, छालिया

bethink वि-थिङ्क *v refl* (-thought) 1 (रुकना और) सोचना, विचारना [He bethought himself a moment], 2 याद आना [He bethought himself of happier days]

betide बि-टाइड *vi & t* (only in 3 *sing pres* subj & inf), 1 होना, घटित होना [whatever may ~], 2 *vt* (किसी पर) आ पड़ना, बीतना, **woe ~ him** etc उसका सत्यानाश हो

betimes बि-टाइम्ज़ *adv* समय से पहले; प्रातः जल्दी ही, बहुत सवेरे [He woke ~]

betoken बि-टोकन *vt* 1 सूचित करना [Here everything ~s peace], 2 पूर्वसूचना देना, पूर्व लक्षण होना [a thunder clap that ~s foul weather]

betray बि-ट्रे *vt* 1 (के साथ) विश्वासघात करना [to ~ one's master, country, etc], 2 वस्तु या व्यक्ति को धोखे से शत्रु के हवाले कर देना, धोखे से पकड़वा देना [they ~ed him **into the hands of** the enemy, ~ed him to the enemy], 3 (भेद) खोलना, (रहस्य) बता देना, 4 अनजान में बता देना, प्रकट करना, [you are ~ing your ignorance]; का लक्षण या संकेत होना, सूचित करना

betroth बिट्रोद *vt* (usu in *pp*) सगाई या मंगनी करना, वाग्दान करना [to be ~ed to]; **~al** बिट्रोदल *n* सगाई, मंगनी, वाग्दान; **~ed** बिट्रोद्ड *a & n* मंगेतर, वाग्दत्त, वाग्दत्ता

better^{1} बॅ`टर *a, adv & n* 1 (*compar* of good) अच्छा, अधिक अच्छा, बेहतर, 2 (स्वास्थ्य में) पहले से अच्छा, 3 **~ part** अधिकांश, 4 **~ half** *joc* पत्नी; *adv* (*compar* of well) 1 और अच्छी तरह से, ज्यादा अच्छी तरह से [I can understand it ~], 2 **to go one ~ than s.o.** किसी से ज्यादा काम कर दिखाना, बाज़ी ले जाना, 3 **had ~** बेहतर होगा कि [you had ~ go, stay, etc]; *n* 1 ज्यादा अच्छी चीज़ या बात, a change for the ~ सुधार, 2 **to get the ~ of s.o.** (i) पराजित करना (ii) उल्लू बनाना, चकमा देना, 3 in *pl* अपने से बड़े या श्रेष्ठतर लोग [one's ~s]

better^{2} *vt* 1 सुधारना, संवारना, बेहतर बनाना, 2 से बढ़ जाना या बढ़ाना [we have ~ed last year's production record], 3 **to ~ oneself** अपनी स्थिति या दशा सुधारना, ज्यादा अच्छी नौकरी पाना, अधिक वेतन पाना; **~ment** *n* सुधार, उन्नति

better^{3}, bettor बॅ`टर *n* शर्त या बाज़ी लगाने वाला

between बि-ट्वीन *prep & adv* 1 (दो के) बीच (में), मध्य में, दरमियान [~ eight and nine O'clock; runs ~ Delhi and Calcutta; ~ 20 and 30], 2 (*indicating separation*) No one can come ~ us कोई हमें अलग नहीं कर सकता, 3 **to stand ~** बीच में पड़ना, बीच-बचाव या मध्यस्थता करना, 4 **to choose ~** दो में से एक को चुनना [you must choose ~ them], 5 **~ ourselves**; **~ you and me** आपस में; किसी और को न बताते हुए, औरों से गुप्त रखते हुए; *adv* 1 **far between** बहुत अन्तर पर, बहुत समय बाद [her visits were far ~]; दूर-दूर [the trees were few and far ~], 2 **in ~** बीच-बीच में

betwixt बि-ट्विक्स्ट *prep & adv* (*poet, arch*) बीच में; **~ and between** (*colloq*) न इस-जैसा न उस-जैसा, दोनों के बीच का; दोनों के बीच में

bevel बॅ`वल *n & vt & i* 1 ढलान, ढाल, प्रवणता, 2 दो सतहों के बीच अभीष्ट कोण बनाने का (राज आदि का) औज़ार, गुनिया, मायल गुनिया, 3 **~ gears** एक-दूसरी के ऊपर आड़ी रखी हुई गरारियां; *vt & i* तिरछा करना या होना, **~led** *a* तिरछा बना या कटा हुआ

beverage बॅ`व-रिज *n* (पानी के अतिरिक्त कोई) पेय, शरबत; चाय, काफ़ी आदि; alcoholic ~ मदिरायुक्त पेय

bevy बॅ`वि *n* 1 मंडली, टोली [a ~ of maidens], 2 झुंड [a ~ of larks etc]

bewail बि-वेल *vt* 1 शोक करना, विलाप करना, रोना-पीटना, 2 to ~ one's lot अपने भाग्य को कोसना

beware बि-वॅ`अर *vi & t* (only in *imper* and *inf*) 1 सावधान या सतर्क या चौकस रहना, खबरदार रहना [B~ of pickpockets]; बचना [B~ of the dog], 2 *vt* ध्यान देना या करना, सावधान रहना [to ~ how, lest, that... not]

bewilder बि-विल्डर *vt* 1 पथ भ्रष्ट करना, गुमराह करना, भटकाना, 2 चकरा देना, घबरा देना, हक्का-बक्का करना, किंकर्तव्यविमूढ़ करना, भ्रम में डालना; **~ing** *a* चकरा देने वाला; **~ment** *n* हैरानी, परेशानी, घबराहट, किंकर्तव्यविमूढ़ता

bewitch बि-विच *vt* 1 (किसी पर) जादू करना, जादू डालना, मन्त्रमुग्ध करना, मोह लेना, 2 आह्लादित

या आनन्दित करना ; ~**ing** *a* 1 जादू-भरा, सम्मोहक, मन्त्रमुग्ध करने वाला, 2 आनन्ददायक

beyond बि-यॉन्ड *adv*, *prep* & *n* 1 से आगे [as far as the temple and ~; *prep* 1 के पार, से परे, से आगे [my house is ~ the temple], 2 बढ़ कर [living ~ one's means], 3 समझ के बाहर [it is ~ me], सामर्थ्य के बाहर [This work is ~ me], 4 ~ **doubt**; ~ **question** जिस पर सन्देह या आपत्ति न हो सके; निस्सन्देह, 5 ~ **measure** हद से ज़्यादा, अत्यन्त [I was disappointed ~ measure], **6** this is (going) ~ a joke यह मज़ाक की हद से बढ़ कर है; *n* 1 the ~ भावी जीवन, परलोक, 2 **at the back of** ~ दुनिया के परले सिरे पर, बहुत दूर

bezel बॅज़ल *n* 1 (छैनी आदि की) तिरछी फलिका, 2 (तराशी हुई मणि की) तिरछी फलिका

bezique बि-ज़ीक *n* ताश का एक खेल

bi- बाइ *pref* 1 दो का (*e.g.* bilateral, bilingual), 2 *bot*, *zool* दो **समान** भागों में विभक्त (bipinnate), 3 दो (मास, वर्ष आदि) तक रहने वाला (biennial), 4 (वर्ष आदि में) दो बार होने वाला (biannual, bimonthly), 5 जिसमें एक-जैसी दो चीज़ें हों, दो वाला (**biplane**)

biannual बाइ-ऐन्युअल *a* वर्ष में दो बार (प्रकाशित आदि) होने वाला, अर्धवार्षिक, छमाही

bias बाइअस *n* & *vt* (-sed, *or* -ssed) 1 पक्षपात, तरफ़दारी, 2 पूर्वग्रह [~ **towards, against, sth**], 3 प्रवृत्ति, झुकाव, रुझान [~ **towards sth**], 4 (dressmaking) तिरछी रेखा, **material cut on the bias** तिरछा काटा हुआ कपड़ा, 5 (statistics) कोई मद छूट जाने से आकलन की गलती; *vt* पक्षपातपूर्ण करना, पक्षपात से प्रभावित करना; to ~ s.o. **towards** के पक्ष में करना ; to ~ s.o. **against** के विरुद्ध कर देना

biased *a* 1 पक्षपातपूर्ण, पक्षपात से प्रभावित, 2 पूर्वग्रहयुक्त, to be ~ **against** s.o. का पूर्वग्रह किसी के विरुद्ध होना

biaxial बाइ-ऐक्सियल *a* द्वयक्षीय

bib^{1} बिब *n* बच्चे के कपड़ों को गंदा होने से बचाने के लिए गले में बाँधा जाने वाला कपड़ा, गतिया, बिब

bib^{2} *n* एक प्रकार की समुद्री मछली

Bible बाइबल *n* 1 ईसाई धर्मग्रन्थ, इंजील, बाइबल, 2 कोई धर्मग्रन्थ; प्रमाणग्रन्थ

biblical बिब्लिकल *a* 1 इंजील-संबंधी, 2 इंजील में वर्णित, 3 इंजील की भाषा-सदृश

bibliographer बिब्लियॉग्रफ़र *n* ग्रन्थसूचीकार (also see foll)

bibliography बिब्लियॉग्रफ़ि *n* 1 किसी लेखक या मुद्रक या देश या विषय की पुस्तकों की सूची, 2 किसी पुस्तक की तैयारी के लिए पढ़े गये ग्रन्थों की सूची; संदर्भग्रन्थसूची, ग्रन्थसूची, 3 ग्रन्थों या उनके लेखकों या संस्करणों आदि का विवरण (देने वाली पुस्तक)

biblio- *pref* meaning 'book' *or* 'Bible'; ~**mancy** बिब्लिअमैन्सि *n* किसी ग्रन्थ (वि० बाइबल) को अटकलपच्चू खोल कर सामने आये वाक्य के आधार पर भविष्यवाणी करना; ~**mania** *n* पुस्तकसंग्रह की सनक; ~**maniac** *n* उत्साही पुस्तकसंग्रहकर्ता; ~**phil** (-फ़िल), ~ **phile** (-फ़ाइल) *nn* पुस्तकप्रेमी, पुस्तकसंग्रहकर्ता

bibulous बिब्युलस *a* शराब पीने का आदी, शराबी

bicameral बाइ-कैमरल *a* दो सदनों वाला (विधानमंडल), द्विसदनी

bicarb बाइ-कार्ब *n* (*colloq*) = foll

bicarbonate बाइ-कार्ब-नेट *n* (pop) खाने का सोडा

bicentenary बाइ-सॅन्-टीनरि *n* दो सौ साल के बाद होने वाला उत्सव, द्विशतवार्षिकी (जयन्ती), द्विशती

bicentennial बाइ-सॅन्टॅनियल *a* & *n* हर दो सौ साल के बाद होने वाला, द्विशतवार्षिक; दो सौ साल तक रहने वाला, द्विशतवर्षीय; *n* द्विशती

bicephalous बाइसॅफ़लस *a* दो सिर वाला, द्विशिरस्क

biceps बाइसॅप्स *n* कोहनी और कन्धे के बीच का दो-सिरा पुट्ठा (जिससे कोहनी मुड़ती है); कोई दो-सिरा पुट्ठा, 2 हृष्टपुष्टता, गठीलापन

bicker बिकर *vi* 1 झगड़ा या विवाद करना, तकरार करना, तू-तू मैं-मैं करना, 2 (नदी, नाले का) कल-कल शब्द करना, 3 (वर्षा का) टप-टप (शब्द) करना, 4 (ज्वाला, प्रकाश का) कभी तेज़ कभी मद्धम होना, टिमटिमाना

bicuspid बाइ-कस्पिड *a* & *n* (of tooth) दो नोक वाला, द्वयग्री; *n* द्वयग्री दान्त; दाढ़ों से आगे वाला दान्त

bicycle बाइसिकल *n* & *vi* बाइसिकल; साइकिल; *vi* साइकिल चलाना

bid^{1} बिड *vt* & *i* **I** *arch* (*pt* bid *or* bade; *pp* bid *or* bidden) 1 कहना, आज्ञा या आदेश देना [**Bid** him come in]; Do as you are bid जैसा तुम से कहा जाये वैसा करो; 2 निमन्त्रित करना [bidden guest], 3 to ~ s.o. welcome किसी का स्वागत करना ; to ~ s.o. farewell किसी को विदा करना, **II** (*pt* & *pp* bid) 1 बोली लगाना या देना [to ~ for sth], 2 (इतने रुपये की) बोली देना [I ~ Rs. 10,000 and got the plot of land], 3 **to ~ fair to do** करने की आशा दिलाना, the weather ~s fare to be fine लगता है कि मौसम अच्छा रहेगा; ~**der** *n* बोली देने या लगाने वाला, ~**ding** *n* 1 आदेश, आज्ञा [to do s.o.'s bidding], 2 निमन्त्रण, 3 बोली (लगाना)

bid^{2} *n* 1 बोली [**to make a ~ for a plot** of land, a contract, etc], 2 *fig* प्रयत्न, कोशिश,

to make a ~ for पाने की कोशिश करना

bide बाइड *vt* **to ~ one's time** सुअवसर की प्रतीक्षा करना

bidimensional *a* द्विविम (see dimensional)

biennial बाइ-ऍनियल *a* 1 हर दो साल के बाद आने वाला, द्विवार्षिक, 2 दो साल तक रहने वाला, द्विवर्षीय

bier बियर *n* अरथी, रत्थी, जनाज़ा

bifid बाइफ़िड *a* दो समान भागों में विभक्त, द्विखंडित

bifocal बाइ-फ़ोकल *a* & *n* दो फ़ोकस वाला, दो-फ़ोकसी (वि० चश्मे का शीशा जिसमें दूर और पास से देखने के लिए दो खंड होते हैं); *n* **~s** दो-फ़ोकसी चश्मा

bifoliate बाइ-फ़ोलियेट *n* दो पत्तियों वाला, द्विपर्णी

bifurcate बाइफ़र्केट *vt* & *i* & *a* दो शाखाओं या भागों में विभक्त करना या होना, द्विशाखित करना या होना; *a* (also **~d**) द्विशाखित; **bifurcation** *n* 1 दो शाखाओं या विभागों में बटना, द्विशाखन, 2 वह स्थान जहां से दो शाखाएं निकलती हों, 3 दोनों शाखाएँ या उनमें से कोई एक

big बिग *a* & *adv* 1 (आकार, परिमाण आदि में) बड़ा; ऊंचा; लंबा-चौड़ा; भारी; **in a ~ way** बड़े उत्साह से, धूम-धाम से; बड़ी शान से, 2 (आयु में) बड़ा, वयस्क; (अपने से) बड़ा [~ brother, sister], 3 (esp. of animals] चिर-गर्भिणी [~ with child], 4 **~ man, ~ shot, ~wig** बड़ा आदमी, 5 ~ with consequences जिसके महत्त्वपूर्ण परिणाम हो सकते हों, महत्त्वपूर्ण, 6 **~ heart** उदार हृदय; **~ money** बड़ी रकम, बड़ा नफ़ा या वेतन, **~ word** शेखी-भरे शब्द, डींग; *adv* **to talk ~** डींग मारना; **to think ~** महत्त्वाकांक्षा करना

bigamist बिगमिस्ट *n* एक पत्नी या पति के रहते दूसरा विवाह करने वाला व्यक्ति, दो पत्नियों वाला पुरुष, दो पतियों वाली स्त्री, **bigamous** बिगमस *a* 1 द्विविवाह करने वाला या वाली, 2 द्विविवाहात्मक [bigamous marriage]; **bigamy** बिगमि *n* पत्नी या पति के रहते दूसरा विवाह करना, द्विविवाह, द्विपत्नीत्व, द्विपतित्व

bight बाइट *n* 1 समुद्रतट या नदीतट का कटाव, खुली खाड़ी, 2 (रस्सी का) फंदा

bigot बिगट *n* धर्मान्ध, हठधर्मी, कट्टर, कट्टरपन्थी, **~ed** *a* कट्टरपन्थी; **~ry** बिगट्रि *n* धर्मान्धता, कट्टरता

bike बाइक *n* & *vi* (*colloq*) साइकिल या मोटरसाइकिल (चलाना)

bilateral बाइ-लैटरल *a* 1 दोनों तरफ़ स्थित, दोनों तरफ़ का, दुतरफ़ा, द्विपार्श्विक [~ symmetry], 2 दो पक्षों या देशों के बीच होने वाला, द्विपक्षीय, द्विपक्षी, पारस्परिक [~ talks, trade, agreement, etc]

bilboes बिल्बोज़ *n pl* (*hist*) बेड़ी

bile बाइल *n* 1 पित्त, 2 पित्तविकार, 3 चिड़चिड़ापन

bilge बिल्ज *n* & *vt* & *i* 1 जहाज का तला; **~-water** जहाज़ के तले में एकत्र गन्दा पानी; *vt* 1 (जहाज़ के तले में छिद्र करना, 2 *vi* छेद हो जाना, 3 फूलना, उभरना

biliary बिल्यरि *a* (f. bile) पित्त का, पित्तीय

bilingual बाइ-लिंग्वल *a* & *n* 1 दो भाषाओं में बोला या लिखा हुआ, 2 दो भाषाएं बोलने या लिखने वाला (व्यक्ति), द्विभाषी; **~ism** द्विभाषिता

bilious बिल्यस *a* 1 पित्तविकार से पीड़ित, 2 पित्तविकार से पैदा होने वाला, 3 चिड़चिड़ा

bilk बिल्क *vt* 1 बिल का भुगतान न करना, 2 (लेनदार का रुपया देने में) टालमटोल करना, (रुपया) अदा न करना, अदा किये बिना भाग जाना [to ~ **s.o. (out)** of money]

bill^1 बिल *n* & *vt* 1 चोंच, 2 लंगर के फल की नोक, 3 समुद्र में गई हुई चट्टान की संकरी चोटी; *v* (चिड़ियों का) चोंच से चोंच मिलाना, **to ~ and coo** प्यार करना, चूमना-चाटना

bill^2 *n* 1 विधेयक, बिल, 2 बीजक, बिल, 3 (दीवार पर चिपकाने या बांटने का) इश्तहार, विज्ञापनपत्र [Stick no ~s], 4 **~ (of exchange)** हुंडी, 5 **~ of fare** आहार-सूची, *fig* कार्यक्रम, 6 **~ of health** छूत की बीमारियों से मुक्त होने का प्रमाणपत्र, आरोग्यपत्र; clean ~ of health यह प्रमाणपत्र कि कोई रोग नहीं है, 7 **~ of lading** जहाज पर लादे गये माल की रसीद, बिलटी, लदानपत्र, 8 *comb:* **~board** सूचनापट्ट, विज्ञापनपट्ट; **~-broker** हुंडी का दलाल; **~-sticker** इश्तहार लगाने वाला

bill^3 *vt* 1 बीजक या बिल बनाना, बिल में दर्ज करना, 2 कार्यक्रम में शामिल करना, घोषणा करना, 3 इश्तहार लगाना

billet^1 बिलिट *n* & *vt* 1 किसी व्यक्ति के नाम सैनिकों के टिकाने-खिलाने का आदेश, 2 सैनिकों के टिकाने का असैनिक स्थान या भवन, 3 गन्तव्य स्थान, लक्ष्य; **every bullet has its ~** हर गोली पर लिखा रहता है कि वह किसे लगेगी, 4 नियुक्ति, नौकरी; *vt* 1 (सैनिकों आदि को) नगर या किसी के घर में टिकाना [to ~ troops **on s.o.; on, in,** a **town**], 2 (of householder) (सैनिक आदि को) अपने यहां टिकाना

billet^2 *n* 1 (जलाने की लकड़ी का) मोटा लट्ठा, 2 (धातु की) छड़

billiards बिल्यर्ड्ज *n pl* मेज़ पर डंडों और तीन गेंदों से खेला जाने वाला खेल, अण्टा, बिलियर्ड

billingsgate बिलिंग्ज़्गेट *n* गाली-गलौज

billion बिलिअन *n* दस खरब; (U.S., France) एक अरब

billow बिलो *n* & *vi* 1 बड़ी लहर, 2 *poet* (*sing* or *pl*) समुद्र, 3 *fig* कोई चीज जो लहर की तरह सब को बहा कर ले जाये, लहर; *vi* लहर की तरह उठना और गिरना, लहराना, उमड़ना; **~y** *a* जिस

में लहरें उठ रही हों, उमड़ता हुआ (~y sea)

billy-goat बिलिगोट *n* बकरा

bimetallic बाइमिटैलिक *a* 1 दो धातुओं का, द्विधातुक, 2 सोने-चांदी की मुद्रा के प्रचलन से संबंधित;

bimetallism बाइमें टलिज़्म *n* सोने-चांदी की मुद्रा का प्रचलन, द्विधातुमान

bin बिन *n* 1 अनाज या कोयला रखने का डोल या बड़ा डब्बा, 2 कूड़ादान **[dust~, litter~]**

binary बाइनरि *a* 1 दो का बना हुआ, दोहरा, द्विविध, 2 ~ **(star)** एक-दूसरे के इर्द-गिर्द घूमने वाले दो तारे, युग्मतारा, 3 ~ **system** दो तत्वों (*e.g.* 0 और 1, या हां और न) पर आधारित पद्धति, द्वि-आधारी पद्धति; ~ **digit** द्वि-आधारी मापक्रम के दो अङ्कों (usu 0 and 1) में से कोई एक; द्विआधारी अङ्क

bind बाइन्ड *vt* (bound); 1 बाँधना [to ~ s.o.'s hands and feet]; जोड़ना; नत्थी करना [to ~ sth **on** *or* **to** sth], 2 जिल्द बांधना या चढ़ाना, 3 रोकना, रुद्ध या अवरुद्ध करना [snow-bound areas], 4 कब्ज करना, 5 (सौदा आदि) पक्का करना, 6 **to ~ s.o. over** मुचलका लेना; he has been bound over to keep the peace for six months उससे छः महीने तक दंगा-फ़साद न करने का मुचलका लिया गया है; he has been bound over to good behaviour उससे नेकचलनी का मुचलका लिया गया है, 7 in *pass* आवश्यक या अनिवार्य होना, वाध्य होना; I am bound to do so कर्तव्य मुझे ऐसा करने पर वाध्य करता है; मैं ऐसा करके रहूंगा, 8 **I'll be bound** (*fig*) मुझे दृढ़ विश्वास है कि [He'll come, I'll be bound] (see also *bound* and *bounden*)

binder बाइन्डर *n* 1 परस्पर जोड़ने वाली चीज़, 2 जिल्दसाज़, 3 कड़ियों को सहारा देने वाला शहतीर, 4 दीवार के दो भागों को बांधने वाला पत्थर; ~y *n* जिल्दसाज़ की कर्मशाला या दुकान

binding बाइन्डिंग *n* & *a* 1 जिल्द, 2 *a* अनिवार्य, आवश्यक, जरूरी [it is ~ **on** me to do so]

bine बाइन *n*. 1 लचीली शाखा, 2 आरोही लता की लिपटने वाली डंडी या नाल

bingo बिंगो *n* (*pl* ~s) ताश से खेला जाने वाला एक प्रकार का जूआ

binnacle बिन-कल *n* (जहाज़ की) कुतुबनुमा का बक्स, कम्पास-बक्स

binocular बाइ-नॉक्यु लर *a* & *n* दोनों आँखों से देखने का, द्विनेत्री; *n*.~s दूरबीन

binomial बाइ-नोमियल *a* 1 *alg* दो पदों का, द्विपद, द्विपदी, *e.g.* x+y; ~ **theorem** द्विपद-प्रमेय, 2 दो नामों वाला, द्विसंज्ञक

binominal बाइ-नॉमिनल *a* दो नामों वाला; ~ **system** (of scientific nomenclature) दो नाम देने की पद्धति, द्विसंज्ञक पद्धति

biochemistry बाइओ-कें मिस्ट्रि *n* वनस्पतियों और प्राणियों के जीवन से संबंधित रासायनिक प्रक्रियाओं का अध्ययन, जीवरसायन

bio gas *n* गोबर-गैस **, जैव गैस**

biogenesis बाइओ-जें निसिस *n* जीव से जीव की उत्पत्ति का सिद्धान्त, जीवात् जीवोत्पत्ति, जीवात्-जनन

biographer बाइओ ग्रफ़र *n* जीवनी-लेखक; **biographical** बाइअ-ग्रैफ़िकल *a* जीवनी-संबंधी, **biography** बाइ-ऑग्रफ़ि *n* 1 जीवनचरित, जीवनचरित्र, जीवनकथा, जीवनी, 2 जीवनी-साहित्य

biological बाइअ-लॉजिकल *a* 1 जीव-संबंधी, जैव, 2 जीवविज्ञान-संबंधी, 3 ~ **warfare** जीवाणुयुद्ध

biologist बाइ-ऑल-जिस्ट *n* जीवविज्ञानी, जीव-शास्त्री

biology बाइ-ऑल-जि *n* प्राणियों और वनस्पतियों का विज्ञान, जीव-विज्ञान

biophysics बाइअ-फ़िज़िक्स *n* भौतिकी की विधि से जीवविज्ञान के तथ्यों का अध्ययन, जीव-भौतिकी

biopsy बाइ-ऑप्सि *n* 1 जीवित शरीर से ऊतक (tissue) काटना, 2 ऐसे ऊतक की परीक्षा, जीवोतक-परीक्षा, जीवोतिपरीक्षा

bioscope बाइअ-स्कोप *n* सिनेमा **, चलचित्रदर्शी**

bipartisan बाइ-पार्टिज़ैन *a* दो (राजनीतिक) दलों का, द्विदलीय [a ~ agreement]

bipartite बाइ-पार्टाइट *a* 1 दो भागों या खंडों वाला, द्विभागीय, द्विखंडीय, 2 *law:* (of contract etc) दो परस्पर अनुरूप भागों वाला, पारस्परिक, 3 दो दलों या पक्षों का, द्विदलीय, द्विपक्षीय [~ agreement]

biped बाइ-पेंड *a* & *n* द्विपद, द्विपाद, दोपाया

bipinnate बाइपिनेट *a* (*bot*) जिसकी पत्तियां दो भागों में विभक्त हों, द्विपक्ष, द्विपिच्छ

biplane बाइप्लेन *n* विमान जिस की दोनों तरफ़ एक-दूसरे के ऊपर दो-दो पंख हों, दोहरे पंखों वाला विमान, द्वित्त्वपंखी विमान

biquadratic बाइक्वड्रैटिक *a* & *n* (*math*) (संख्या) जो वर्ग का वर्ग हो? चतुर्घात (संख्या); ~ **(equation)** चतुर्घात समीकरण

birch बर्च *n* 1 भोजवृक्ष, 2 ~**-bark** भोजपत्र, 3 (also ~**-rod**) भोजवृक्ष की टहनियों का मुट्ठा (जिससे छात्रों को पीटा जाता था), डंडा

bird बर्ड *n* 1 पक्षी, चिड़िया, 2 ~**s of a feather** एक विचार या स्वभाव के लोग; ~**s of a feather flock together** एक विचार के लोगों का साहचर्य स्वाभाविक है; **a ~ in the hand** वस्तु जिसका मिलना निश्चित हो, *prov:* **a ~ in the hand is worth two in the bush** नौ नकद न तेरह उधार; **to kill two ~s with one stone** एक पन्थ दो काज, 3 ~ **of passage** पक्षी जो मौसम बदलने पर एक देश से दूसरे देश में चला जाये; थोड़े दिन ठहर कर चला जाने वाला यात्री; ~ **of prey** शिकारी पक्षी, 4 *comb:* ~**-fancier** पक्षी-विशेषज्ञ जो पक्षी पालता और बेचता है, ~**-lime** लासा, ~ **sanctu-**

ary क्षेत्र जहां पक्षियों का शिकार वर्जित हो और उन्हें बढ़ने दिया जाये, **पक्षीविहार**, **~'s-eye view** विहङ्गम दृष्टि, विहङ्गम दृश्य; ~'s-eye view (i) of a town नगर का आकाश से दिखाई देने वाला रूप; (ii) of a subject विषय का संक्षेप या सार

birth बर्थ *n* 1 जन्म; **to give ~ to** को जन्म देना (also *fig*), 2 आरंभ, आदि, 3 कुल, वंश, of high ~ कुलीन, 4 *comb:* **~ certificate** जन्म का प्रमाणपत्र; **~ control** सन्तति-निरोध; **~day** जन्मदिन, वर्षगांठ, **~place** जन्मस्थान, **~ rate** सहस्र व्यक्तियों के पीछे प्रतिवर्ष पैदा होने वाले बच्चों की संख्या, जन्म-दर; **~right** जन्मसिद्ध अधिकार

biscuit बिस्किट *n* & *a* 1 बिस्कुट, 2 हल्का बादामी रंग; *a* हल्के बादामी रंग का

bisect बाइ-सॆक्ट *vt* दो (बराबर) टुकड़े करना, द्विभाजित करना, द्विभाजन करना; **~ion** बाइसॆक्शन *n* द्विभाजन, समद्विभाजन; **~or** *n* समद्विभाजक (रेखा)

bisexual बाइ-सॆक्शुअल *a* जिसमें नर और मादा दोनों के लक्षण हों, उभयलिङ्गी

bishop बिशप *n* (नगर या बृहत्तरक्षेत्र का) बड़ा पादरी, बिशप; **~ric** बिशप का पद या क्षेत्र

bismuth बिज़्मथ *n* एक रक्त-श्वेत धातु, बिस्मथ

bison बाइसन *n* (*pl* same) जंगली भैंसा, गवल; (अमरीका या यूरोप का) जंगली बैल

bisque बिस्क *n* 1 लघु मूर्तियाँ बनाने की बिना पालिश की चीनी मिट्टी, 2 आग से पके मिट्टी के बर्तन

bissextile बिसॆक्स्टाइल *n* & *a* लीप-वर्ष (-संबंधी), अधिवर्ष (-संबंधी)

bit¹ बिट *n* 1 लगाम का दहाना; *fig* नियन्त्रण रखने वाली चीज; **to take the ~ between one's teeth** (of horse *or* person) बेकाबू हो जाना, 2 बर्मे के आगे लगा लोहा जो छेद करता है, रन्दे का लोहा जो छीलता है; अनी, धार

bit² *n* 1 (रोटी, पनीर आदि) खाने की चीज़ का टुकड़ा, (*colloq*) **to have a ~ of sth** कोई चीज़ खाना, 2 (किसी चीज़ का) टुकड़ा या खंड या अंश; **~ by ~** थोड़ा-थोड़ा कर के, 3 *colloq* थोड़ा-सा, तनिक [a ~ of advice, luck, etc], 4 **to do one's ~** हाथ बटाना, योगदान करना, धन या काम से थोड़ी-बहुत सहायता करना, 5 (*colloq*) **a bit** कुछ-कुछ, तनिक [I'm feeling a ~ tired; he doesn't care a ~], 6 **not a ~ of it** (ऐसा) बिल्कुल नहीं [Are you tired? Not a ~ of it], 7 थोड़ा समय [Wait a ~]; थोड़ी दूरी, Move up a ~ थोड़ा आगे बढ़ो

bitch बिच *n* कुतिया, कुत्ती

bite बाइट *vt* & *n* (bit, bitten) 1 (दान्तों से) काटना; **to ~ off** काट (कर अलग कर) लेना, 2 (कुत्ते का) काट लेना, काट खाना, (सांप आदि का) डसना, (पिस्सू आदि का) डंक मारना, 3 **to ~ one's lips** (गुस्सा या हँसी आदि दबाने के लिए) होंट चबाना, गुस्सा पी जाना, हँसी रोकना; **to ~ the dust** (*fig*) गिरना और प्राण दे देना, धराशायी होना, 4 (usu in *pass*) धोखा देना, ठगना; **Once bitten twice shy** दूध का जला छाछ को फूंक-फूंक कर पीता है, 5 **to ~ s.o.'s head off** किसी को गुस्से से उत्तर देना; **to ~ off more than one can chew** बूते से बाहर का या बहुत बड़ा काम अपने ऊपर लेना; *n* 1 काटना, डसना, डंक, दंश, घाव, 2 काट कर अलग किया हुआ अंश, 3 खाने की तनिक चीज़, तनिक भोजन, ग्रास [I haven't had a ~ all day], 4 (मछली द्वारा चारे पर) मुंह मारना, 5 पकड़, जकड़, 6 *fig* चुभन, मर्मान्तकता

biting *a* 1 चुभता हुआ, तीखा, व्यंग्यात्मक [~ words], 2 **~ cold** शरीर को छेदने वाली सर्दी, कड़ाके की सर्दी

bitter बिटर *a* & *n* 1 कटु, कड़वा, तीखा, तेज़, उग्र, चुभने वाला [~ words], 2 दुःखद, अप्रिय, कटु [~ experience], 3 **~ cold** कड़ाके की सर्दी, 4 **to the ~ end** अन्त तक, मरते दम तक [He fought to the ~ end], 5 **bitter-sweet** *a* पहले मीठा और बाद में कड़वा लगने वाला, मधुर-कटु; *fig* सुखदुःखमय; *n* 1 कटुता, 2 कटु अनुभव, दुःख, शोक आदि

bittern बिटर्न *n* एक प्रकार का बगला, ज्योत्स्ना-बक, बिटर्न

bitumen बिट्युमन *n* डामर, तारकोल, बिटूमन; **bituminous** *a* जिसमें बिटूमन हो, बिटूमनी

bivalent बाइ-वेलन्ट *a* (*chem*) हाइड्रोजन के दो परमाणुओं से संयोग करने वाला, द्विसंयोजक

bivouac बिवुऐक *vi* (-ck-) & *n* 1 (सैनिकों का) मैदान में तंबुओं के बिना रात बिताना; पड़ाव करना या डालना; *n* बिना तंबुओं का शिविर या पड़ाव

bizarre बिज़ार *a* & *n* 1 अजीब, अनोखा, विचित्र [~ behaviour]; 2 बेमेल, बेढंगा [~ dress]

blab ब्लैब *vt* & *i* मूर्खता से बता देना, बक देना, (भेद) खोल देना [to ~ secrets, or *abs*]

black¹ ब्लैक *a* 1 काला, कृष्णवर्ण, 2 अन्धकारमय, निराशाजनक; अशुभ, मनहूस, 3 दुष्ट, बुरा, **not so ~ as one is painted** इतना बुरा नहीं जितना कि लोग कहते हैं, 4 क्रोधपूर्ण, **to give s.o. a ~ look** क्रोध से देखना, 5 देश के आर्थिक नियमों के प्रतिकूल, **~ market** अवैध क्रय-विक्रय, चोरबाज़ारी, काला बाज़ार, 6 लिखित (न कि ज़बानी) [**to have, put, sth in ~ and white**], 7 *comb:* **~ art**, **~ magic** जादू, जादू-टोना; **~bird** यूरोपियन गायक पक्षी-विशेष, **~board** काला तख़्ता, कृष्ण फलक, **~ coffee** बिना दूध या क्रीम की काफ़ी; **~-guard** (ब्लैगार्ड) गुंडा, लुच्चा, बदमाश; गाली बकने वाला, **~-hearted** *a* दिल का काला, कुटिल, कपटी, **~ hole** (esp *mil*) (दण्ड देने के लिए) काल

कोठरी ; ~**leg** *n* **1** धोखेबाज़, **2** हड़ताल में शामिल न होने वाला, हड़तालियों की जगह पर काम करने को तैयार आदमी, हड़ताल तोड़ने वाला, ~ **list** बेईमान या दण्डनीय व्यापारियों आदि की सूची; काली सूची; **blackmail** *n* & *vt* रहस्योद्घाटन की धमकी; धमकीबाजी; *vt* रहस्योद्घाटन की धमकी दे कर रुपया ऐंठना, ~ **mark** दुराचरण या खराब काम का निशान; ~ **market** काला बाज़ार, चोर-बाजारी (see also 5 above); ~ **marketeer** चोरबाज़ारी करने वाला; **black-out** *n* **1** (in wartime etc) दीया-बत्ती गुल, सर्वत्र पूर्णान्धकार, सर्वान्धकार, **2** क्षणिक स्मृतिनाश या बेहोशी; (in flying) क्षणिक अन्धता ; ~ **sheep** बदमाश; परिवार का घटिया आदमी, कुलकलङ्क, **blacksmith** लोहार; ~ **spot** खतरनाक जगह, स्थान जहां प्रायः दुर्घटनाएं होती हों

black^2 *n* & *vt* **1** काला रंग, **2** काले वस्त्र [The mourners wore ~], **3** (often B~) हब्शी, काला आदमी; *vt* **1** काला करना, **2** काली पालिश करना, **3 to** ~ **out** रात में रोशनी बुझा कर सर्वत्र अन्धेरा कर देना, दीया-बत्ती गुल करना, सर्वान्धकार करना, to ~ sth **out** कालिख पोत कर मिटा देना; **to** ~ **out news** समाचार प्रकाशित या प्रसारित न होने देना; ~**en** *vt* & *i* **1** काला करना या होना, **2** कलङ्क लगाना, कलङ्कित करना, बदनाम करना [to ~en s.o.'s character]

blackamoor ब्लैक-मुअर, -मॉर *n* (*joc* or *derog*) काली चमड़ी वाला; हब्शी

bladder ब्लैडर *n* **1** मूत्राशय, मसाना, **2** रबड़ का थैला, फुकना [the ~ of a football]

blade ब्लेड *n* **1** (चाकू, छुरे, तलवार आदि का) फल; तलवार; (**razor-**)**blade** (हजामत बनाने का) ब्लेड, **2** (पतवार, बैट, फावड़े आदि का) चपटा भाग, **3** (घास, गेहूं आदि की) लंबी पतली पत्ती [a ~ of grass, wheat, etc]

blah (**-blah**) ब्ला (-ब्ला) *n* (*colloq*) शेखी-भरी बक-बक, बेकार की डींग

blain ब्लेन *n* छाला, फफोला; फुंसी, फोड़ा

blame ब्लेम *vt* & *n* **1** दोष लगाना, दोषी ठहराना; जिम्मेवार ठहराना; **to** ~ **s.o. for sth** [He ~d me for his failure]; (*colloq*) **to** ~ **sth on s.o.** [He ~d his failure on me]; *n* **1** निन्दा, **2** दोष, जिम्मेदारी; the ~ is mine दोष मेरा है; **to lay, put, the** ~ **for sth on s.o.** किसी बात के लिए किसी को दोषी या जिम्मेदार ठहराना; ~**less** निर्दोष; निरपराध; अनिन्द्य; ~**worthy** *a* निन्दा का पात्र, निन्दनीय

blanch ब्लांच *vt* & *i* **1** रंग उड़ा देना, सफ़ेद कर देना; to ~ almonds छिलका उतार कर सफ़ेद करना, **2** (of fear) पीला कर देना, रंग उड़ा देना; *vi* (of person) डर या सर्दी के मारे पीला पड़ जाना, रंग उड़ जाना

bland ब्लैन्ड *a* **1** सौम्य, मृदुस्वभाव, शिष्ट, **2** (of air) मन्द, **3** (of food, drink) जो तीखा न हो, हल्के स्वाद का

blandish ब्लैन्डिश *vt* **1** चापलूसी करना, **2** फुसलाना; ~**ment** *n* (usu in *pl*) **1** चापलूसी; फुसलाने की बातें, **2** (स्त्रियों के) नाज-नखरे

blank ब्लैङ्क *a* & *n* **1** (of paper) जिस पर कुछ न लिखा हो, कोरा, (of document) जिस पर हस्ताक्षर के लिए जगह छोड़ रखी हो, ~ **cheque** चेक जिस पर रकम न लिखी हो, कोरा चेक, *fig* कार्यवाही करने का पूरा अधिकार [to give s.o. a ~ cheque], **2** खाली, रिक्त; ~ **space** रिक्त स्थान; ~ **cartridge** बिना गोली का कारतूस, हवाई कारतूस, **3** भौचक्का, चकराया हुआ, भावशून्य; **to look** ~ चकराया हुआ या हतबुद्धि लगना, **4** ~ **verse** अतुकान्त कविता, **5** ~ **wall** बिना खिड़की-दरवाज़े की दीवार; *n* **1** रिक्त स्थान, **2** रिक्त स्थान या छूटे हुए शब्दों को सूचित करने की रेखा (—), डैश, **3** शून्यता, my mind is a ~ मेरे मन में कोई विचार नहीं आ रहा; my memory is a ~ मुझे कुछ याद नहीं है, **4** लाटरी का टिकट जिसका कोई इनाम न निकले; **to draw (a) blank** (i) प्रत्याशित इनाम आदि न पाना, असफल रहना, (ii) कोई उत्तर न पाना

blanket ब्लैङ्किट *n*, *a* & *vt* **1** कम्बल, ऊनी चादर, लोई; **wet** ~ व्यक्ति जिस के आने पर बातचीत ठप हो जाये, रंग में भंग डालने वाला; **born on the wrong side of the** ~ हरामी, जारज, **2** ढकने या आच्छादित करने वाली चीज, चादर, आवरण [~ of fog, snow, etc]; *a* सर्वसामान्य (न कि व्यक्तिगत), सब पर लागू होने वाला [~ order]; व्यापक [~ insurance policy]; *vt* **1** कंबल से ढांपना, **2** (धुंध, बरफ़ आदि से) ढक देना [The valley is ~ed with fog], **3** (लोकापवाद, मामले आदि पर) पर्दा डालना

blankly *adv* **1** शून्य दृष्टि से, कोई भाव व्यक्त किये बिना [to look ~ at s.o.], **2** साफ़-साफ़, to deny ~ साफ़ मुकर जाना

blare ब्लेंअर *n* & *vi* & *t* **1** तुरही की आवाज़, **2** ऊंचा स्वर, गरज; *vi* & *t* ऊंचे स्वर में बोलना या गाना, गरजना; the band ~d out jana-gana-mana बैंड ने जनगणमन की धुन बजाई

blarney ब्लार्नि *n* & *vt* & *i* चापलूसी (करना)

blaspheme ब्लैस्फ़ीम *vt* **1** ईश्वर या धर्म की निन्दा करना; पवित्र वस्तुओं के बारे में अपमानजनक शब्द कहना, **2** अपशब्द कहना, गाली देना; ~**r** ईश्वरनिन्दक, धर्मनिन्दक; **blasphemous** ब्लैस्फ़मस *a* (of person) ईश्वरनिन्दा करने वाला; (of lang) ईश्वरनिन्दात्मक, अपमानजनक; **blasphemy** ब्लैस्फ़मि *n* **1** ईश्वरनिन्दा, धर्मनिन्दा, **2** पवित्र स्थानों या वस्तुओं का अपमान

blast ब्लास्ट *n* & *vt* & *i* **1** (हवा का) थपेड़ा,

झोंका, झकोरा, 2 धातु गलाने के लिए भट्ठी में छोड़ा गया हवा का झोंका; **to be in ~** (भट्ठी का) चालू होना; **to be out of ~** (भट्ठी का) चालू न होना; (*colloq*) **at full ~** पूरे ज़ोरों पर (काम करना) [The factory is going at full ~], 3 तुरही की आवाज़, तूर्यनाद, 4 चट्टानें आदि उड़ाने के लिए बारूद की मात्रा-विशेष, 5 विस्फोट, धमाका; *fig* घोर भर्त्सना, सख़्त फटकार, 6 **~-furnace** धमन भट्ठी (जिसमें इंजन के द्वारा गरम हवा धौंकी जाती है); *vt & i* 1 बारूद से (चट्टानें आदि) उड़ाना, 2 *fig* बरबाद करना, मिट्टी में मिला देना, सत्यानाश करना [to ~ character, hopes, prosperity, etc], 3 (पौधों को) झुलस देना, 4 *sl* खूब खबर लेना, डाँटना, 5 **to ~ off** (राकेट आदि) छोड़ना या छोड़ा जाना

blatant ब्लेटन्ट *a* 1 शोर मचाने वाला अति मुखर, 2 निर्लज्जता एवं अशिष्टता से ध्यान आकर्षित करने वाला, ~ propaganda निर्लज्जतापूर्ण प्रचार, 3 अति स्पष्ट, ~ injustice साफ़ या घोर अन्याय; **~ly** भद्दे ढंग से, अशिष्टता या निर्लज्जता से

blaze^1 ब्लेज़ *n & vi* 1 आग; तीव्र ज्वाला, लपट, लौ, the house was in a ~ मकान जल रहा था; मकान से आग की लपटें उठ रही थीं, 2 चमक, जगमगाहट, तड़क-भड़क, चकाचौंध, ~ of publicity प्रचार या विज्ञापनों की चकाचौंध, ~ of science विज्ञान का तीव्र प्रकाश, 3 धधक, भड़क, आवेश, in a ~ of anger क्रोधावेश में; *vi* 1 जल उठना (जिससे कि ज्वालाएं निकलने लगें) [the house is blazing], 2 चमकना, देदीप्यमान होना, 3 **to ~ with** anger क्रोध से भड़क उठना, 4 **to ~ away at** the enemy शत्रु पर (राइफ़लों से) गोलियां चलाता रहना; **to ~ away at sth** कोई काम उत्साहपूर्वक करता जाना, 5 (of sun) to ~ **down on** some place पर आग बरसाना; to ~ **up** धधक या भड़क उठना; **blazing** *a* (*fig*) अति स्पष्ट, to commit a blazing indiscretion परले दर्जे की बेवकूफ़ी करना; (in hunting) **blazing scent** तेज़ गन्ध, ताज़ा गन्ध

blaze^2 *n & vt* 1 (पशु के चेहरे पर) सफ़ेद दाग, 2 (जंगल में मार्ग दिखाने के लिए) छाल काट कर पेड़ पर बनाया गया निशान; *vt* 1 छाल काट कर पेड़ पर निशान बनाना [to ~ a tree]; पेड़ों पर निशान बना कर रास्ता दिखाना [to ~ a path]; **to ~ a trail** (*fig*) कोई काम सब से पहले करके दूसरों का मार्गनिर्देश करना, दूसरों को रास्ता दिखाना

blaze^3 *vt* घोषणा करना, ढिंढोरा पीटना, **to ~ the news (abroad)** (दुनिया भर में) ख़बर फैलाना

blazer ब्लेज़र *n* (स्कूली बच्चों, टीम के खिलाड़ियों की) रंगदार जाकिट, ब्लेज़र

blazon ब्लेज़न *n & vt* 1 (वि० यूरोपीय नरेश का) कुलचिन्ह, 2 कुलचिन्हयुक्त ढाल या पताका या कवच, 3 कुलचिन्हयुक्त ढाल आदि का वर्णन, 4 गुणों आदि का वर्णन; *vt* 1 (ढाल आदि पर) कुलचिन्ह बनाना, 2 कुलचिन्ह का वर्णन करना, 3 (किसी चीज़ पर) सुन्दर रंगों में (नरेशों के) नाम लिखना या उनके अस्त्रों के चित्र बनाना, 4 **to ~ forth sth** किसी बात का ढिंढोरा पीटना, घोषणा करना; **~ry** *n* 1 शोख रंगों में प्रदर्शन, भड़कीला प्रदर्शन, 2 नरेशों के कुलचिन्हयुक्त शस्त्रास्त्र के चित्र बनाने या उनका वर्णन करने की कला, **कुलचिन्हचित्रण, कुलचिन्हवर्णन**

bleach ब्लीच *vt & i & n* 1 (धूप में या रसायन से) रंग उड़ाना, रंग उड़ जाना; सफ़ेद करना या होना; *n* 1 विरंजक (वस्तु), 2 विरंजन (-प्रक्रिया); **~ing powder** विरंजक चूर्ण

bleak ब्लीक *a* 1 (of place) खुला, बहुत हवादार, वृक्षरहित, छायारहित, बे ओट; सुनसान, 2 (of weather) ठंडा; उदास करने वाला, 3 *fig.* ~ prospects निराशाजनक भविष्य, निराशाजनक लक्षण

blear ब्लियर *a & vt* 1 धुंधला, अस्पष्ट, 2 **~-eyed** धुंधली दृष्टि वाला, 3 *vt* धुंधला करना [to ~ the eyes], अस्पष्ट करना [to ~ the outline]

bleary ब्लियरि *a* (of eyes, sight) (नींद या थकावट के कारण) धुंधला

bleat ब्लीट *n & vi & t* 1 भेड़, बकरी या बछड़े की आवाज़, में-में, 2 *vi* में-में करना, मिमयाना, 3 *vt* डरते या कांपते हुए बोलना, दबी ज़बान से कहना [he ~ed (out) a protest, complaint, etc], 4 (गोपनीय बात को) मूर्खता से बता देना, बक देना

bleb ब्लॅब *n* 1 छोटा-सा फफोला, 2 (शीशे या पानी में) बुलबुला

bleed ब्लीड *vi & t* (bled) 1 खून बहना या बहाना, खून निकलना या निकालना; he is ~ing at the nose; his nose is ~ing उसकी नाक से खून बह रहा है, 2 खून देना, जान देना, to ~ for one's country देश के लिए (अपना) खून बहाना, 3 दुःख अनुभव करना, दुःख होना, my heart bleeds for him उसकी हालत देख या सुन कर मुझे बड़ा दुःख होता है, 4 लूटना, मूंडना, to ~ s.o. for Rs 50 किसी से पचास रुपये ऐंठ लेना, 5 मूंडा जाना, बहुत ज्यादा कीमत देना, 6 (पौधों का) रस निकलना

bleep ब्लीप *n & vi* 1 (वि० रेडियो से) रुक-रुक कर की जाने वाली ऊंची आवाज़ या संकेत, पीं-पीं, 2 *vt* ऐसी आवाज़ करना

blemish ब्लॅमिश *vt & n* 1 (सौन्दर्य) बिगाड़ना, 2 (चरित्र आदि पर) कलङ्क लगाना, दाग लगाना; *n* 1 सौन्दर्य बिगाड़ने वाली चीज़, धब्बा, दाग, 2 चारित्र्यदोष, कलङ्क, लांछन, 3 त्रुटि, नुक्स, ख़राबी

blench ब्लॅन्च *vi* (किसी को देख कर डर के मारे) आँखें मून्दना; सहमना; चौंक उठना, चौंक कर पीछे हटना

blend ब्लॅन्ड *vt & i & n* 1 मिश्रण या सम्मिश्रण करना, 2 (विशेष स्वाद या गुण पैदा करने के लिए चाय, तंबाकू या मदिरा के विभिन्न प्रकारों को)

मिलाना, 3 मिला कर एक कर देना, 4 *vi* मिलना, मिल कर एक हो जाना, घुल-मिल जाना, 5 मेल खाना, 6 (of colours) एक-दूसरे में इस तरह मिल जाना कि यह न पता लगे कि एक रंग कहां खतम होता है और दूसरा कहां शुरू होता है (जैसे कि इन्द्र धनुष में), 7 (of voices) एक स्वर हो जाना; *n* मिश्रण, सम्मिश्रण

bless ब्लेॅस *vt* 1 ईश्वर से (किसी पर) कृपा करने की प्रार्थना करना, आशीर्वाद या असीस देना [The priest ~ed the devotees]; **God ~ you!** ईश्वर तुम्हारा भला करे!, 2 मन्त्र आदि पढ़ कर (भोजन को) पवित्र करना, अभिमन्त्रित करना, 3 **to be ~ed with** (ईश्वर की कृपा या सौभाग्य से) प्राप्त होना [to be ~ed **with** health, wealth and children], 4 (ईश्वर की) आराधना या स्तुति करना [to ~ God]; धन्यवाद करना, I ~ed my stars मैंने अपने भाग्य को सराहा; ~ed ब्लेॅसिड *a* 1 सौभाग्यशाली, भाग्यवान्, धन्य, 2 पूज्य, पवित्र [the Blessed Virgin], 3 सुखदायक, आनन्ददायक, [~ed ignorance]; **blessedness** *n* 1 परम सुख, परमानन्द, 2 ईश्वर की कृपा, वरदान, सुखदायक बात, 2 **single blessedness** (*joc*) अविवाहित अवस्था, कुंवारापन; **blessing** *n* 1 आशीर्वाद, असीस, वरदान, 2 सुखदायक बात, **a blessing in disguise** दुःखदायी बात या घटना जो अन्त में सुखदायक सिद्ध हो; छिपा वरदान; the blessings of democracy लोकतन्त्र के लाभ या वरदान

blether ब्लेॅदर, **blather** ब्लैदर *nn* & *vi* बेमानी और बहुत बातें (करना), बक-बक (करना); बकवास (करना); **blatherskite, bletherskate** *nn* बकवासी

blight ब्लाइट *n* & *vt* 1 पौधों का चित्ती पड़ने या मुरझाने का रोग; पाला, झुलसा; अंगमारी; फफूंदी, 2 हानि या विनाश करने वाली चीज; अभिशाप, 3 शहर का गन्दा इलाका; *vt* 1 पाला मार जाना, झुलस डालना, 2 हानि पहुंचाना, बरबाद करना; अभिशाप बनना; to ~ s.o.'s hopes किसी की आशाओं पर पानी फेर देना; ~er *n* (*sl*) तंग करने वाला आदमी, दुष्ट, पाजी [you ~er!], 2 आदमी, व्यक्ति [you lucky ~er!]

blind¹ ब्लाइन्ड *a* & *vt* 1 अन्धा, नेत्रहीन, ~ **of** an eye काना; **to turn a ~ eye to sth** किसी बात की अनदेखी करना, 2 बेखबर, अनभिज्ञ [to be ~ to s.o.'s faults], 3 नासमझ, विवेकहीन; नासमझी का; in ~ haste उतावली में, 4 उद्देश्यहीन, निरुद्देश्य, 5 *comb:* ~ **alley** बन्द गली; ~ **alley** job, occupation, etc ऐसा काम या व्यवसाय जिस में उन्नति का रास्ता बन्द हो; ~ god कामदेव; ~**-man's buff** आँख-मिचौली; *vt* 1 अन्धा कर देना, 2 चौंधियाना, 3 विचारशक्ति से वंचित करना; विवेकहीन बनाना; ~**ing** *a* चौंधियाने वाला; ~**ly** *adv* बिना देखे, बिना सोचे-समझे; ~**ness** *n* 1 अंधापन, 2 नासमझी, मूर्खता

blind² *n* 1 (खिड़की का) पर्दा, चिक, झिलमिली [to pull down, draw up, the ~s], 2 धोखे की टट्टी, बहाना, ढोंग

blindfold ब्लाइन्डफ़ोल्ड *vt*, *a* & *adv* 1 (किसी की) आंखों पर पट्टी बांधना [to ~ s.o.]; *fig* बुद्धि पर पर्दा डालना, धोखे में डालना; *a* & *adv* आंखों पर पट्टी बांधे हुए; असावधान; असावधानी से, बिना सोचे-विचारे

blink ब्लिङ्क *vi* & *t* 1 आंख झपकाना, आंखें झपकाते हुए देखना; क्षण भर आंख मूंदना, 2 (of light) झिलमिलाना, 3 *vt* अनदेखी करना, **to ~ the fact that ...** तथ्य की अनदेखी करना [there is no ~ing the fact that...]; टालना [to ~ the question]; ~**er** *n* (usu in *pl*) = winker

bliss ब्लिस *n* परमसुख, स्वर्गीय सुख, आनन्द; ~**ful** *a* आनन्दित, सौभाग्यशाली; आनन्दमय, आनन्ददायक, सुखद

blister ब्लिस्टर *n* & *vt* & *i* 1 छाला, फफोला, 2 (पौधे, धातु पर) उभरा हुआ दाना; *vt* & *i* छाला डालना या पड़ना; *fig* कटु आलोचना करना [~ing criticism]

blithe ब्लाइद *a* (*poet*) प्रसन्नचित्त, जिन्दादिल; ~**some** *a* बेफ़िक्र, लापरवाह

blithering ब्लिदरिङ्ग *a* (*colloq*) सरासर, नितान्त, निपट [a ~ idiot]

blitz ब्लिट्स *n* & *vt* (*colloq*) 1 ज़बरदस्त (हवाई) हमला; *fig* तीव्र आलोचना, 2 *vt* (ऐसे हमले से) बरबाद या नष्ट करना [~ed cities]; ~**-krieg** G ब्लिट्स्क्रीग (जल्दी विजय पाने के लिए) ज़बरदस्त अभियान, तूफ़ानी हमला

blizzard ब्लिज़र्ड *n* बर्फ़ानी तूफ़ान, हिम-झंझावात

bloat ब्लोट *vt* & *i* फुलाना; फूलना, सूजना; ~**ed** *a* 1 जो खा-खा कर मोटा हो गया हो [~ed with over-eating], 2 सूजा हुआ [~ed face], 3 ~**ed with pride** etc गर्व से फूला हुआ, जिसका दिमाग़ आसमान पर हो

blob ब्लॉब *n* 1 बूंद, 2 (रंग-रोगन का) धब्बा, 3 छोटी गोली [~ of wax etc]

bloc ब्लॉक *n* (समान उद्देश्य वाले दलों, राष्ट्रों आदि का) गुट, गुट्ट

block¹ ब्लॉक *n* 1 लकड़ी का बड़ा टुकड़ा, लक्कड़, कुन्दा; **chip off the old ~** बाप-जैसा बेटा, 2 (लोहार या तरखान का) ठीहा, 3 बड़ा-सा अनगढ़ पत्थर, शिलाखंड, 4 इमारतों की कतार, साथ-साथ बने हुए मकान, भवनसमूह; अनेक मंजिलों में बने फ़्लैट, 5 (विकास के लिए) भूखंड, **development ~** विकास-खंड, 6 (also ~ **and tackle**) = tackle *n* 1; 7 (printing) ठप्पा, ब्लाक, 8 कठोर-हृदय व्यक्ति, 9 रुकावट, बाधा, अवरोध; **road ~** गाड़ियां रोक कर लोगों से पूछ-ताछ करने के लिए सड़क पर खड़ी की गई रुकावट, मार्ग-अवरोध; **traffic ~** गाड़ियों के फंस जाने के

कारण यातायात का रुक जाना, यातायात-अवरोध, 10 (थियेटर में) साथ-साथ की बहुत सी सीटें, सीटों का खंड; St Ex बहुत से शेयर, शेयरों का खंड [~ of shares], 11 *comb:* **~head** *n* मूर्ख; **~ letters** अलग-अलग लिखे हुए बड़े अक्षर (*e.g.* GOD)

block^2 *vt* 1 (मार्ग) रोकना, मार्ग में रुकावटें खड़ी करना; the road is ~ed सड़क रुकी हुई या बन्द है, 2 (काम में) बाधा डालना, (काम) न होने देना, to ~ the progress प्रगति रोकना, प्रगति न होने देना, 3 to **~ up, in** रोक रखना, बन्द कर देना, बन्दी बना लेना, 4 *crick* गेंद को बल्ले से रोक लेना पर हिट न लगाना, 5 in *pp* प्रयोग या खर्च न करने देना, **~ed accounts** खाते जिनसे रुपया निकालने की मनाही की गई हो, अवरुद्ध खाते; **~ed Capital** पूंजी जिसे **प्रयुक्त** न किया जा सके, अवरुद्ध पूंजी

blockade ब्लोकेड *n* & *vt* 1 (शत्रु सेना का) किसी नगर या बन्दरगाह को सब तरफ़ से घेर लेना और आने-जाने के मार्ग बन्द कर देना; नाकाबन्दी, नाकेबन्दी, **to raise the ~** नाकेबन्दी उठाना या खतम करना; **to run the ~** नाकेबन्दी से बच कर निकल जाना, 2 **~-runner** (जहाज़ आदि) जो नाकेबन्दी से बच निकले, नाकाबन्दी तोड़ने वाला, 3 बर्फ़ से घिर जाना, हिमावरोध; *vt* 1 नाकाबन्दी करना, घेरा डालना [to ~ a town], 2 (रास्ता आदि) रोकना

blockage ब्लोकिज *n* 1 रोकना; रोक, रुकावट, अटकाव, 2 रुकावट डालने वाली चीज़ [There's a ~ in the pipe]

blond ब्लोन्ड *a* & *n* 1 (of hair) सुनहरी-भूरा; (of complexion) गोरा; *n* सुनहरी-भूरे बालों वाला गोरा व्यक्ति; **~e** *n* ऐसे बालों वाली गोरी स्त्री

blood ब्लड *n* 1 खून, लहू, रक्त, रुधिर; **to let ~** (चीरा लगा कर) खून निकालना, 2 हत्या, वध, **to shed ~** हत्या करना; **to shed one's ~** अपना बलिदान करना, 3 क्रोध, आवेश; his ~ was up उसका खून खौलने लगा, उसे क्रोध आ गया; my ~ ran cold मैं डर गया; to commit murder (*or* a crime) **in cold ~** सोच-विचार कर या आवेश में आये बिना हत्या (या कोई अपराध) करना, 4 **bad ~** मन-मुटाव, वैर, वैमनस्य, to make bad ~ between brothers etc भाइयों में मन-मुटाव पैदा करना, 5 कुल, वंश, खानदान; परिवार, संबंध, रिश्ता, **blue ~** उच्च कुल; **~** is thicker than water खून का रिश्ता असली रिश्ता है; **it runs in the ~** यह खानदान के सभी लोगों का स्वभाव है; **young ~** परिवार या दल के युवा सदस्य, युवा वर्ग, 6 *comb:* **~ bank** रक्त (एकत्र करने का) बैंक; **~-curdling** (tale etc) जिसे सुनकर खून खुश्क हो जाये, भयानक; **~ feud** खानदानी वैर; **~hound** खोजी कुत्ता, *fig* जासूस, गुप्तचर; **~-letting** (चीरा लगा कर) खून निकालना; **~-poisoning** खून में पीप मिल जाना, रक्तविषाक्तता, **~ pressure** खून का दबाव, रक्तदाब, रक्तचाप; **~-relation** निकट संबंधी; **~shed** हत्या, रक्तपात, खून-खराबा; **~-thirsty** खून का प्यासा, रक्तपिपासु; **~-transfusion** खून चढ़ाना, रक्ताधान; **~-vessel** रग, नस, शिरा, रुधिर-वाहिका

bloodless *a* 1 रक्तहीन, पीला, 2 हत्या या रक्तपात के बिना [~ revolution, victory]

bloody ब्लडि *a* 1 खून से लथपथ, लहूलुहान, 2 रक्तपातपूर्ण [~ battle], 3 *derog* निकम्मा [a ~ fool, liar, etc]

bloom^1 ब्लूम *n* & *vi* 1 फूल, पुष्प, कुसुम, 2 पुष्पित अवस्था, बहार; **in ~** (of plant) जिस पर फूल आ गये हों [the roses are in full ~], 3 पूर्ण विकास, जोबन, यौवन, यौवन की लालिमा या सौन्दर्य, **in the ~ of youth** पूरे जोबन पर, भरी जवानी में; *vi* 1 फूलना, खिलना, फूलों से लद जाना, 2 पूरे जोबन पर होना, उन्नति के शिखर पर होना, फूलना-फलना

bloom^2 *n* लोहे का छड़ या डला

bloomer ब्लूमर *n* (*sl*) बहुत बड़ी गलती, भारी भूल, भयङ्कर अशुद्धि

blossom ब्लोसम *n* & *vi* 1 (वि० फलदार पेड़ का) फूल, मंजरी, बौर; the mango-trees are **in ~** आम पर बौर आ गया है, 2 विकास की प्रारंभिक अवस्था; *vi* 1 खिलना, फूलना, बौर आना, 2 *fig* विकसित होना; **to ~ (out) into sth** बड़ा या गुणवान् व्यक्ति बन जाना; he has ~ed out into a statesman वह अच्छा राजनीतिज्ञ बन गया है

blot ब्लोट *n* & *vt* & *i* (-tt-) 1 (स्याही आदि का) धब्बा, दाग, 2 रूप या सौन्दर्य बिगाड़ने वाली चीज़, धब्बा, दाग, 3 (चरित्र, नाम पर) कलङ्क, लांछन [This is a ~ on his character, reputation]; *vt* 1 (कागज़ पर) धब्बा या धब्बे डालना; **to ~ one's copy-book** (*colloq*) अपने चरित्र पर धब्बा लगाना, 2 (सोख्ते से) स्याही के धब्बे सुखा देना या चूस लेना, 3 **to ~ out** (i) लिखा पोंछ या मिटा देना, (ii) आंखों से ओझल कर देना, अदृश्य कर देना [The fog ~ted out the horizon]; (iii) अस्तित्व मिटा देना, खतम कर देना

blotch ब्लोच *n* 1 छाला, 2 (स्याही या रंग का) धब्बा, दाग

blouse ब्लाउज *n* (स्त्रियों की) कमर तक की कुर्ती, ब्लाउज

blow^1 ब्लो *vi* & *t* (blew, blown) 1 (हवा का) चलना, बहना, 2 (हवा में) उड़ना, उड़कर आना [Dust is ~ing into the room]; (हवा से) उड़ जाना [my hat blew away], 3 (of fuse etc) (पिघल कर) उड़ जाना, 4 फूंक मारना, 5 *vt* हवा देना, धौंकना, फूंकना; **to ~ up the fire** फूंक मार कर आग भड़काना; **to ~ hot and cold**

(*fig*) डाँवाँडोल होना, कभी यह कहना कभी वह कहना, 6 फूंक से (बाजा आदि) बजाना [to ~ the whistle]; **to ~ one's own trumpet** अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना, स्वयं अपनी प्रशंसा करना, 7 फूंक मार कर उड़ाना [to ~ away, off, the dust]; to ~ one's nose नाक सिनकना, नाक साफ़ करना, 8 to ~ bubbles (साबुन के पानी के) बुलबुले बनाना; to ~ glass पिघले हुए शीशे को फूंक कर आकार-विशेष देना, 9 (with *prepp*) **to ~ off** उड़ा ले जाना; **to ~ over** धीरे-धीरे समाप्त हो जाना, थम जाना [The storm has ~n over]; **to ~ out** (a candle, fuse, etc) फूंक मार कर बुझाना, (फ़्यूज़) उड़ा देना; **to ~ out one's brains** अपने आपको सिर में गोली मार कर प्राण दे देना; to ~ **up** (i) फुलाना, फूलना; (ii) धमाके से फटना या उड़ जाना; उड़ा देना [The saboteurs blew **up** the bridge]; *comb:* ~pipe *n* धौंकनी; **~-up** *n* धमाका

blow^2 *n* (f. prec) 1 हवाखोरी, वायुसेवन, 2 बाँसुरी आदि का बजाना, वंशीवादन, 3 नाक सिनकना

blow^3 *n* 1 वार, प्रहार, आघात, चोट, मुक्का, थप्पड़, **at one ~** एक ही वार में, **to come to, to exchange, ~s** लड़ पड़ना, हाथापाई करना; **to strike a ~ for, against, sth** किसी बात के पक्ष में, विरोध में, पूरा ज़ोर लगाना, 2 (मानसिक) आघात, सदमा, धक्का [His failure came as (*or* was) a ~ to his parents]

blower ब्लोअर *n* (f. blow) 1 धौंकनी, 2 *colloq* टेलिफ़ोन

blubber ब्लबर *vt* & *i* & *n* 1 फूट-फूट कर रोना, बिलखते हुए कहना, 2 *n* रोना, रोदन, विलाप

bludgeon ब्लजन *n* & *vt* 1 (मोटे सिरे वाला) डंडा, सोंटा, 2 *vt* डंडे से बार-बार पीटना, दनादन डंडे लगाना, खूब मरम्मत करना

blue^1 ब्लू *a* 1 नीला, आसमानी, 2 डरा हुआ, घबराया हुआ, उदास [to look ~]; (of state of affairs) निराशाजनक [Things are looking ~], 3 *comb:* **~ book** संसदीय रिपोर्ट, **~ chip** लाभदायक शेयर; **~ film** अश्लील फ़िल्म; **once in a ~ moon** बहुत कम (बार), छठे छमाहे; **~ pencil** (अशुद्धियों पर निशान लगाने या काट-छाँट करने में प्रयुक्त) नीली पैन्सिल; **to ~-pencil** *vt* (लेख आदि में) काट-छाँट करना; **~print** (इमारत का) नक्शा, (योजना की) अन्तिमरूप रेखा; **~stocking** विदुषी, साहित्यिक महिला

blue^2 *n* & *vt* (blueing, bluing) 1 नीला रंग, नील, 2 the ~ मेघशून्य (नीला) आकाश; **to come out of the ~** अचानक आना; *vt* नीला करना या रंगना, नील लगाना

bluff^1 ब्लफ़ *a* & *n* 1 (of cliff, ship's bow) एकदम खड़ा और बहुत चौड़ा, 2 (of person) मुंहफट, खरी-खरी कहने वाला, 3 (of manner) बेलाग, खरा, साफ़-साफ़; *n* खड़ी चट्टान

bluff^2 *vi* & *t* & *n* 1 झूठा रोब जमाना, धौंस जमाना, 2 *vt* झूठा रोब दिखाकर ठगना या बहकाना, झांसा देना; *n* झूठा रोब, गीदड़-भभकी, 2 झांसा-पट्टी, धोखा ; **to call s.o.'s ~** रोब जमाने वाले से कहना कि कर लो जो करना है, धमकी या रोब में न आना

blunder ब्लन्डर *vi* & *t* & *n* 1 अन्धों की तरह या आंखें मूंद कर चलना, लड़खड़ाते हुए चलना [to ~ along], से टकरा जाना [to ~ **into** s.o.], 2 **to ~ upon sth** कोई बात संयोगवश जान लेना या पा लेना, 3 भारी भूल करना, 4 *vt* कुप्रबन्ध या गड़बड़ करना, घपला करना; *n* मूर्खतापूर्ण या भद्दी भूल, भारी ग़लती

blunderbuss ब्लन्डरबस *n* पुराने ढंग की बन्दूक

blunt ब्लन्ट *a* & *vt* 1 जिसकी धार तेज़ न हो, भोथरा, कुन्द, कुंठित, 2 (of person) मुंहफट, खरी-खरी कहने वाला, स्पष्टवादी, 3 the ~ fact खरी या सच्ची बात; *vt* 1 भोथरा या कुंठित करना, 2 तीक्ष्णता या तीव्रता कम करना, मन्द करना [to ~ the feelings, imagination, etc]; **~ly** *adv* साफ़-साफ़, दो टूक, रुखाई से

blur ब्लर *n* & *vt* & *i* 1 (स्याही आदि का) धब्बा, दाग़, 2 धुंधलापन; अस्पष्टता; *vt* 1 (लेख पर) धब्बे डाल कर अस्पष्ट बना देना; धुंधला करना, मिटाना, 2 बिगाड़ना, गन्दा करना, रूप बिगाड़ना, 3 (दृष्टि को) धुंधला करना [eyes ~red with tears], 4 *vi* धुंधला होना

blurb ब्लर्ब *n* (प्रकाशक की ओर से पुस्तक के जैकट पर या अन्यत्र छपी) पुस्तक-प्रशस्ति, (प्रशंसात्मक) परिचय

blurt ब्लर्ट *vt* (प्रायः रहस्य) प्रकट कर देना, बक देना, एकदम बोल उठना [to ~ **out** sth]

blush ब्लश *vi* & *n* 1 (लज्जा या खुशी से) चेहरा लाल हो जाना [to ~ **with** shame; to ~ **at** the thought of...], 2 लजाना, शरमिन्दा होना [to ~ to own that...]; *n* 1 (लज्जा की) लाली, 2 (प्रभात की) अरुणिमा, 3 झलक, दृष्टि, नज़र [at (the) first ~]

bluster ब्लस्टर *vi* & *n* 1 (व्यक्ति का) गरजना, ज़ोर से बोलना [he ~ed **out** threats], 2 (हवा का) ज़ोर से चलना, शोर करना, (लहरों का) गरजना; *n* 1 धमकी; शेखी, 2 (हवा या लहरों का) शोर

boa बोअ *n* 1 एक बड़ा और मोटा विषरहित सांप, अजगर, 2 **~-constrictor** अज़दहा

boar बॉर *n* 1 (बधिया न किया हुआ) सूअर, वराह, 2 सूअर का मांस

board^1 बॉर्ड *n* 1 तख़्ता, फलक, पटल [notice-~], 2 गत्ता, दफ़्ती, 3 (खेलने की) मेज़; **above-~** *a* (भाव यह है कि खेलने वाला अपने हाथ मेज़ के नीचे ले जा कर कोई गड़बड़ न करे और जो भी चाल

चले वह प्रतिपक्षी को साफ़ दिखाई दे) प्रकट, खुल्लम-खुल्ला, निष्कपट, ईमानदार; **above-~** *adv* ईमानदारी से; **to sweep the ~** (ताश, चौसर आदि में) सब कुछ जीत लेना, 4 (खाने की) मेज; भोजन, भोजन-व्यवस्था, **~ and lodging** भोजन और आवास, 5 परिषद् या सभा की मेज; परिषद्, सभा, मंडल; **B~ of Trade** (ब्रिटेन का) व्यापार विभाग, 6 जहाज के (दीवार की भांति ऊंचे दोनों) पार्श्व, पहलू; (of mast etc) **to go by the ~** जहाज़ पर से समुद्र में गिरना; *fig* पूरी तरह उपेक्षित होना या किया जाना; **on ~** जहाज (या नाव, गाड़ी, वस, विमान आदि) पर; **to go on ~** जहाज़ आदि पर सवार होना

board^2 *vt & i* 1 तख़्तों से ढक देना, पर तख्ते लगाना [to **~ up** a window], 2 किसी के लिए भोजन-व्यवस्था करना [to ~ the tourists etc]; *vi* खर्चा देकर किसी के यहां (प्रतिदिन) भोजन करना [He ~s **with** his aunt, **at** his aunt's], 3 to ~ the bus (train, ship, plane, etc) बस आदि पर सवार होना; **~er** *n* खर्चा देकर किसी के यहां भोजन करने वाला; छात्रावास में रहने वाला, आवासी छात्र; **~ing-house** छात्रावास, **~ing-school** स्कूल जहां छात्रों के आवास तथा भोजन की व्यवस्था भी हो, छात्रावास-सहित स्कूल

boast बोस्ट *n & vi & t* 1 डींग, शेखी, गर्वोक्ति [it is his ~ that he is infallible], 2 गर्व करने की बात या चीज, 3 to make a ~ **of, about,** sth किसी चीज या बात पर गर्व करना: *vi* 1 डींग मारना या हांकना, शेखी बघारना, 2 to ~ **about, of,** sth किसी बात पर गर्व करना, 3 *vt* किसी में गर्व करने लायक चीज होना [Nainital ~s a beautiful lake]; **~er** *n* शेख़ीखोर, शेख़ीबाज

boat बोट *n & vi* 1 नाव, नौका, किश्ती, डोंगी; (छोटा) जहाज, 2 to have an oar in everyone's ~ हर किसी के काम में दखल देना; **to be (all) in the same ~** सब का समान (कठिन) स्थिति में होना; **to burn one's ~s** ऐसी बात करना जिससे अपना संकल्प या निश्चय बदला न जा सके, अटल संकल्प करना, 3 **~man** माँझी, केवट, मल्लाह; **~house** नावों का अड्डा; नाव-घर; *vi* नौकाविहार करना; नाव चलाना

bob^1 बॉब *n & vt* 1 बालों का गुच्छा, लट, 2 घोड़े की कटी हुई पूंछ, 3 गरदन तक कटे हुए बाल, 4 **~tail** *n* दुमकटा घोड़ा या कुत्ता; *vt* (स्त्री या बच्चे के बाल) काट कर छोटे कर देना (जिससे कि कंधों से ऊपर-ऊपर रहें)

bob^2 *vi* 1 ऊपर-नीचे होना, डूबना-उतराना, 2 to **~ up** again फिर (पानी की) सतह पर आ जाना; *fig* **to ~ up (like a cork)** हार के बाद फिर पूरे जोश से काम करने लगना, फिर उठ खड़ा होना

bobbin बॉबिन *n* (सिलाई की मशीन की) फिरकी

bobby बॉबि *n* (*sl*) पुलिस का सिपाही

bode बोड *vt & i* 1 भविष्य की सूचना देना, पहले से सूचित करना, का लक्षण होना [This ~s disaster], 2 *vi* **to ~ well** (*or* **ill**) शुभ (या अशुभ) लक्षण होना, अच्छा (या बुरा) शकुन होना; **~ful** *a* अशुभसूचक, अमंगलसूचक

bodice बॉडिस *n* चोली

bodily बॉडिलि *a & adv* 1 शारीरिक, शरीर-संबंधी, ~ wants शारीरिक आवश्यकताएं (भोजन, वस्त्र आदि); ~ fear जान का खतरा; *adv* 1 समूचे रूप से, सारे का सारा; सब मिल कर, एक-साथ [The audience rose ~ to welcome him], 2 (शरीर से) उठा कर [he was ~ removed from the chamber]

bodkin बॉड्किन *n* 1 मोटा सुआ, 2 बालों की सुई

body^1 बॉडि *n* 1 शरीर, देह, काया; **to keep ~ and soul together** जैसे-तैसे ज़िन्दा रहना, अपनी प्राणरक्षा करना, 2 (also **dead ~**) शव, मृत शरीर, 3 मुख्य भाग [the ~ of a bus etc]; the body of a document अभिलेख का मुख्य भाग (अर्थात् भूमिका आदि को छोड़ कर), 4 सभा, समिति, परिषद्, legislative ~ विधान सभा या विधान परिषद् (प्रसंग के अनुसार), 5 निकाय, संस्था, political ~ राजनीतिक संस्था; **~ politic** (राष्ट्र का) राजनीतिक जीवन, राजनीतिक व्यवस्था या ढांचा, (राजनीतिक दृष्टि से) समस्त राष्ट्र; **in a ~** सब के सब, सब मिल कर, 6 पिण्ड, **heavenly ~** ग्रह, नक्षत्र, तारे आदि; आकाशीय पिण्ड, 7 *comb:* **~guard** अंगरक्षक; **~line bowling** (*crick*) लगातार तेज गेंदबाजी जिससे बल्लेबाज के शरीर को गेंद लगने का खतरा हो, शरीर (रेखा) स्पर्शी गेंदबाजी

body^2 *vt* **to ~ forth** को मूर्तरूप देना, का उदाहरणस्वरूप होना

Boer बॉर *n & a* दक्षिण अफ्रीका का निवासी डच, बोर; *a* बोर जाति का

bog बॉग *n & vt* दलदल, कीचड़, पंक; *vt* (usu *pass*) **to get ~ged** दलदल में फंस जाना; *fig* (कठिनाई या मुसीबत में) फंस जाना [~ged down in difficulties]; गतिरोध पैदा होना, प्रगति न कर पाना [our discussions have ~ged down]; **~gy** *a* दलदली

bogey see bogy

boggle बॉगल *vi* 1 ठिठकना, डर जाना, सहम जाना, 2 झिझकना, हिचकना, आगा-पीछा करना [to **~ at, about, (doing) sth**]

bogie बोगि *n* (गाड़ी का) डब्बा, बोगी

bogy, bogey बोगि *n* 1 शैतान, भूत, प्रेत, 2 काल्पनिक डर या डरावनी वस्तु, हौआ

Bohemian बोहीमियन *a & n* समाज के आचार-विचार की परवाह न करने वाला (व्यक्ति), रूढ़ि विरोधी या परम्पराविरोधी (कलाकार आदि)

boil^1 बॉइल *n* फोड़ा, फुंसी

boil^{2} *vt & i* 1 उबालना, खौलाना, 2 *vi* उबलना, खौलना; the blood ∼s (क्रोध से) खून खौलने लगता है [it makes my blood ∼], 3 *fig* **to ∼ down to** सार या निष्कर्ष निकलना, the proposal ∼s down to this...प्रस्ताव का सार यह है कि...., 4 **to ∼ over** उबल कर बह जाना, 5 **to keep the pot ∼ing** गुजारे भर के लिए कमा लेना; **∼er** *n* देग; इंजन की टंकी (जिसमें पानी उबलता है) बायलर; **∼ing-point** उबलने का तापमान, क्वथनाङ्क

boisterous बॉइस्टरस *a* 1 (of person) शोर मचाने वाला, ऊधमी; जो खुशी के मारे अपने आप को काबू में न रख सके, 2 ∼ wind तूफ़ान, आंधी, झंझावात; ∼ sea समुद्र जिसमें बड़ी-बड़ी लहरें उठ रही हों, अत्यन्त अशान्त समुद्र

bold बोल्ड *a* 1 निडर, निर्भीक, साहसी, दिलेर, 2 निर्लज्ज, ढीठ, धृष्ट, **to make (so) bold (as) to do sth** कोई काम करने की धृष्टता या साहस करना, 3 साहसपूर्ण, जोरदार, जबरदस्त, ∼ plan जोरदार योजना; **∼ stroke** जबरदस्त वार या कोशिश, 4 सुस्पष्ट [∼ outline], 5 मोटा, बड़ा [∼ *or* ∼-face(d) type]; **∼ly** *adv* साहसपूर्वक; **∼ness** *n* 1 साहस, हिम्मत, दिलेरी, 2 निर्भीकता, 3 निर्लज्जता, धृष्टता

bolide बोलाइड *n* 1 बड़ी उल्का, टूटा हुआ तारा, 2 आग का गोला (*e.g.* the sun)

boll बोल *n* (कपास या सन का) बीजकोष, डोड़ा

bollard बॉलर्ड *n* जहाज या घाट पर का खंभा जिस से रस्से बांधे जाते हैं, जहाजी खूंटा

Bolshevik बॉल्शिविक *n* 1 *hist* रूस में मजदूर-वर्ग के शासन का समर्थक, रूसी कम्यूनिस्ट, बोल्शेविक, 2 *pop* क्रांतिकारी; **∼ism** *n* बोल्शेविकवाद

bolster बोल्स्टर *n & vt* 1 तकिया, मसनद, 2 (मशीनों में इस्तेमाल होने वाली) गद्दी; *vt* **to ∼ (up)** सहारा देना, सहारा देकर खड़ा करना; (प्रायः असमर्थनयोग्य सिद्धान्त आदि का) समर्थन करना [to ∼ (up) a cause, theory, etc]

bolt^{1} बोल्ट *n* 1 चटकनीं, सिटकिनी, 2 काबला, बोल्ट, 2 वज्रपात; **a ∼ from the blue, a ∼ out of the blue** नीलाकाश (या मेघशून्य आकाश) से वज्रपात, अनभ्रवज्रपात, अकस्मात् वज्रपात, अप्रत्याशित आपत्ति या दुःखद घटना

bolt^{2} *vi & t & n* 1 चटकनी लगाना [to ∼ the door, window, etc]; to ∼ s.o. in बाहर से चटकनी लगा कर किसी को कमरे में बन्द कर देना; to ∼ s.o. out अन्दर से चटकनी लगाकर किसी को कमरे में न आने देना, 2 भागना, भाग निकलना, भाग खड़ा होना [the thief ∼ed as soon as he saw the policeman]; (of horse) लगाम छुड़ा कर भागना, छूट भागना; to ∼ out of the room कमरे से निकल भागना, 3 बिना चबाये झटपट निगल जाना, गटकना; *n* एकदम भाग खड़ा होना, पलायन

bolt^{3} *adv* **∼ upright** बिल्कुल सीधा [awakened by a knock at the door, he sat ∼ upright]

bolt^{4}, **boult** बोल्ट *vt* 1 (छलनी या कपड़े से) छानना [to ∼ the flour], 2 छानबीन करना; **bolter, boulter** *nn* छलनी; छानने की मशीन

bolus बोलस *n* 1 (दवा की) बड़ी टिकिया या गोली, 2 (भोजन का) ग्रास, कौर

bomb बॉम *n*, *vt & i* 1 बम, गोला, 2 **∼-proof** (पनाहघर) जिस पर बम का असर न हो, बमरोक, 3 **∼-shell** बम, बम का गोला; *fig* होश उड़ा देने वाली घटना; the order of dismissal came like a ∼-shell to him बरखास्तगी के हुक्म से उसके होश उड़ गये; *vt & i* बम गिराना या बरसाना; **∼er** बॉमर *n* बमवर्षक विमान

bombard बॉम्बार्ड *vt* 1 (स्थान पर तोपों से) गोलाबारी करना, 2 *phys*. to ∼ an atom etc अणु पर तीव्र-गति कणों से निरन्तर वर्षा करना, 3 *fig* (प्रश्नों, युक्तियों या गालियों आदि की) बौछार करना; **∼ier** *n* तोपखाने का बेकमिशन अफ़सर; **∼ment** *n* गोलाबारी, बमवर्षा, बमबारी

bombast बॉम्बैस्ट *n* शब्दाडम्बर, वाग्जाल, भारी-भरकम शब्दों से भरी भाषा; **∼ic** *a* शब्दाडम्बरपूर्ण, (in Skt) समासबहुल

bombazine, -sine बॉम्ब-ज़ीन *n* दुसूती की बुनाई का कपड़ा, बाम्बेज़ीन

bona fide बोनः फ़ाइडि *a & adv* 1 नेकनीयत, सदाशयी, 2 असली, सचमुच का; वास्तविक, Railway concession will be granted to bona fide students only रेलभाड़े में रियायत केवल उन्हें दी जायेगी जो वस्तुतः छात्र हों; *adv* नेकनीयती से, वस्तुतः; **bona fides** *n pl* (बोनः फ़ाइडीज़) नेकनीयती, सदाशयता [I doubt his bona fides]

bonanza ब-नैन्ज़ः *n & a* 1 समृद्धि का कारण, सोने की खान [the new business has proved a ∼]; *a* फलता-फूलता, जिसमें बहुत कमाई हो, समृद्धि लाने वाला

bon-bon बॉन्बॉन *n* चीनी की बनी हुई चीज़, मिठाई

bond बॉन्ड *n & vt* 1 बांधने वाली चीज़, (घनिष्ठ) संबंध; the ∼(s) of friendship मैत्री-संबंध, 2 *pl* बेड़ी, जंजीर, 3 लिखित इकरार या प्रतिज्ञा [His word is as good as his ∼], 4 सरकार द्वारा उधार लिये गये रुपये को सूद-सहित लौटाने का प्रतिज्ञापत्र, ऋणपत्र [5% War Bonds], 5 (of goods) **to be in ∼** (सीमाशुल्कदेय माल का) सरकारी गोदाम में रखा रहना (जब तक कि सीमा शुल्क अदा नहीं किया जाता); **to take goods out of ∼** (सीमाशुल्क देकर) माल छुड़ाना, 6 चिनाई (में ईंटें जोड़ने का ढंग) [English, Flemish, ∼]; *vt* 1 (दो चीज़ों को सरेश आदि से) जोड़ना, 2

(सीमाशुल्कदेय माल को) सरकारी गोदाम में रखवाना; **~ed goods** सरकारी गोदाम में रखवाया हुआ माल; बंधक माल; **~ed warehouse** सीमाशुल्कदेय माल के लिए सरकारी गोदाम, बंधक मालगोदाम, 3 **~ed labour** बन्धुआ मज़दूर (-प्रथा); **~age** *n* 1 दासता, गुलामी [in ~ to his master], 2 बन्धन, पाबन्दी, ज़िम्मेवारी; **~sman** *n* 1 दास, गुलाम, 2 जमानत करने वाला, प्रतिभू, लग्नक

bone बोन *n* & *vt* 1 अस्थि, हड्डी; bare ~s केवल आवश्यक तत्त्व या बात, सारमात्र, 2 **~ of contention** झगड़े का कारण; विवादास्पद वस्तु; **to make no ~s about doing sth** (कोई अप्रिय बात कहने या करने में) संकोच न होना, न झिझकना, निस्संकोचभाव से कहना या करना [He makes no ~s about his distaste for the subject], **to feel in one's ~s that...** आने वाली घटना के बारे में पूर्वाभास या निश्चय होना, I feel in my ~s that... मुझे लगता है कि..., 3 *comb:* **~-dry** बिल्कुल सूखा; **~-meal** हड्डियों का चूरा; अस्थिचूर्ण; **~-setter** हड्डी जोड़ने या बैठाने वाला; *vt* (मांस, मछली से) हड्डियां (या कांटे) अलग करना

bonfire बॉन्फ़ाइअर *n* 1 उत्सव के दिन खुले मैदान में जलाई जाने वाली आग, होली, 2 कूड़े-करकट के ढेर में लगाई गई आग, **to make a ~ of** की होली जलाना, जलाकर भस्म या खतम कर देना

bonhomie बॉनमि *n* 1 सहृदयता, सौजन्य, 2 मिलनसारी, ज़िन्दादिली

bonnet बॉनेंट *n* 1 औरत या बच्चे की फ़ीते-सहित टोपी, 2 (स्काटलैंड में) पुरुष की बिना छज्जे की टोपी, 3 (मोटर के इजन का) ढक्कन, (मशीन आदि का) ढक्कन

bonny बॉनि *a* सुन्दर और स्वस्थ, हृष्ट-पुष्ट, मोटा-ताज़ा [a ~ baby]

bonsai बोन्साइ *n* 1 गमले में उगाया हुआ पेड़ का (अति) लघु नमूना, लघु पेड़, 2 ऐसा पेड़ लगाने की विधि

bonus बोनस *n* (कंपनी के हिस्सेदारों को मिलने वाला) अतिरिक्त लाभांश, अधिलाभांश; (बीमा कराने वालों को मिलने वाला) लाभांश; (मज़दूरों को वेतन के अतिरिक्त मिलने वाला) इनाम, बोनस

bony बोनि *a* 1 हड्डी-का, हड्डी-जैसा, 2 चौड़ी या बड़ी हड्डियों वाला, जिसके शरीर पर मांस कम हो, हड़ीला, दुबला-पतला [a ~ man], *cf* bonny

bonze बॉन्ज़ *n* जापानी या चीनी बौद्ध पुजारी

boo बू *n* & *vt* & *i* 1 तिरस्कार सूचक शब्द, धिक्कार, छी-छी, 2 *vt* & *i* तिरस्कार या नापसंदगी व्यक्त करने के लिये शोर-गुल करना, सीटी बजाना, [to ~ a speaker, an actor]; नापसन्दगी व्यक्त करना [to ~ an announcement]

booby बूबि *n* 1 बुद्धू, महामूर्ख, चंडूल, 2 **~ prize** (सब से पीछे रहने वाले प्रतियोगी को दिया जाने वाला) उपहासार्थ पुरस्कार, 3 **~ trap** अधखुले किवाड़ पर इस तरह रखी हुई चीज़ कि वह किवाड़ खोलने वाले के ऊपर गिरे, चोर-फन्दा; *mil* दिखने में सादा-सी चीज जिसमें बम छिपा हो जो छूते ही फट पड़े, छल-बम

boodle बूडल *n* (*sl*) (वि० राजनीतिक कामों के लिए) घूस का धन

book^{1} बुक *n* 1 पुस्तक, ग्रन्थ, पोथी, किताब; the ~ बाइबल, 2 (महाकाव्य आदि का) सर्ग, स्कन्ध, 3 **closed ~** विषय जिसके बारे में व्यक्ति को कुछ ज्ञान न हो, 4 *pl* खाता, बहीखाता, 5 *idioms:* **to be in s.o.'s bad** *or* **black ~s** किसी की नज़रों से गिरना, किसी का कृपापात्र न रहना; **to be in s.o.'s good ~s** किसी का कृपापात्र होना; to speak, talk, like a ~ किताबी या साहित्यिक भाषा बोलना; to speak by the ~ (अपनी बात के समर्थन में) ग्रन्थ से उद्धरण देना, ठीक-ठीक जानकारी देना; **to bring s.o. to ~ (for sth)** किसी से पूछना कि 'तुमने ऐसा क्यों किया है?' किसी बात के लिए किसी से जवाब या स्पष्टीकरण मांगना, जवाब तलब करना; **to take a leaf out of s.o.'s ~** किसी का अनुकरण या नकल करना, किसी का तरीका अपनाना, 6 *comb:* **~-binder** जिल्दसाज़, दफ़्तरी, **~-keeper** हिसाब-किताब रखने वाला, मुनीम; **~-keeping** मुनीमी; **~-post** पुस्तक-डाक; **~stall** पुस्तकों तथा पत्र-पत्रिकाओं की दुकान; **~ value** (माल का) खाते में दर्ज मूल्य, **~worm** किताब का कीड़ा या घुन; *fig* बहुत पढ़ने वाला, किताबी कीड़ा, 7 **bookish** *a* केवल पुस्तकों से ज्ञान प्राप्त करने वाला; बहुत पढ़ने वाला [~ person]; साहित्यिक न कि बोलचाल का [~ expression]; किताबी, अव्यावहारिक

book^{2} *vt* 1 खाते या सूची में लिखना या दर्ज करना, 2 पहले टिकट लेकर (गाड़ी, सिनेमा आदि में) जगह आरक्षित करवा लेना, टिकट लेना या देना, 3 होटल में कमरा रुकवा लेना, 4 अवसर-विशेष पर काम के लिए (व्यक्ति को) वचनबद्ध कर लेना [I am ~ed for a talk over the radio], 5 (of police) अपराधी का नाम नोट कर लेना [He has been ~ed for speeding]; **~ing clerk** टिकट बाबू; **~ing office** टिकट घर

boom^{1} बूम *n* 1 पाल के निचले सिरे को फैलाये रखने की बल्ली, 2 माइक्रोफ़ोन (को घुमाने) की लंबी डंडी, 3 नदी के आर-पार या बन्दरगाह के मुंह पर लगी बल्ली आदि की रोक, रोक-बल्ली

boom^{2} *n* & *vi* 1 गरज, धमाका, धड़ाका, धांय-धांय, दनादन की आवाज़; *vi* गरजना [the guns ~ed]

boom^{3} *n* & *vi* 1 (बाज़ार, व्यापार, कीमतों की) तेज़ी, गरमबाज़ारी, आकस्मिक वृद्धि (opp of slump); **~ town** जिसमें एकाएक विकास और समृद्धि हो जाये; *vi* 1 (व्यापार आदि में) तेज़ी आना,

गरमबाज़ारी होना [Business is ~ing], 2 प्रसिद्धि पाना, धूम मच जाना

boomerang बूम-रैङ्ग *n* & *vi* आस्ट्रेलिया के आदिवासियों का लकड़ी का क्षेपास्त्र जो फेंकने वाले के पास लौट आता है; *fig* ऐसी दलील या योजना या सुझाव जो प्रस्तुत करने वाले के ही प्रतिकूल पड़े; *vi* प्रस्तुतकर्ता के प्रतिकूल पड़ना [The plan to divide the country ~ed on them]

boon बून *n* & *a* 1 वर [to grant a ~], 2 बड़े काम की चीज़, वरदान [This lake is a great ~]; *a* हँसमुख, खुशमिजाज, ज़िन्दादिल [He is a ~ **companion**]

boor बुअर *n* अशिष्ट या असभ्य व्यक्ति, उजड्ड या गँवार आदमी; ~**ish** *a* अशिष्ट, असभ्य, उजड्ड

boost बूस्ट *vt* & *n* 1 *colloq* आगे बढ़ाना, ऊँचा करना, उठाना, बढ़ाना [This will ~ his morale], 2 (किसी की) बड़ाई करना, प्रसिद्धि करना, डोंडी पीटना, 3 (माल का) खूब विज्ञापन करना, विज्ञापन द्वारा मूल्य बढ़ाना, 4 विद्युतशक्ति बढ़ाना, बिजली का वोल्टेज बढ़ाना; *n* 1 विज्ञापन-पद्धति, 2 (विज्ञापन से हुई) मूल्य में वृद्धि, 3 बढ़ावा, प्रोत्साहन, प्रसिद्धि; ~er *n* विद्युतशक्ति या वोल्टेज बढ़ाने का यन्त्र, विद्युद्वर्धक

boot^1 बूट *n* 1 जूता, बूट; **the ~ is on the other leg** *or* **foot** बात बिल्कुल दूसरी है, सचाई इसके ठीक विपरीत है, ज़िम्मेवारी इसकी न हो कर उसकी है; **to lick s.o.'s ~s** किसी के आगे नाक रगड़ना, 2 कार में सामान रखने की जगह=dicky 5, 3 *comb:* ~**black** जूता पालिश करने वाला, ~**ee** *n* बच्चे का ऊनी जूता; ~**legger** चोरी से शराब लाने-लेजाने वाला; ~**licker** जीहज़ूरिया; ~**s** होटल में जूता साफ़ करने और सामान उठाने वाला नौकर

boot^2 *n* (in the *plr*) **to boot** भी, और यह भी, अपि च; ~**less** व्यर्थ, बेकार

booth बूद *n* 1 (कैन्वस या लकड़ी आदि की बनी) अस्थायी छोटी दुकान, 2 मंडप, कक्ष, कोष्ठ; **polling ~** मतदान-कक्ष

booty बूटि *n* लूट का माल (जो लुटेरों ने मिल कर लूटा हो और बाद में बाँटा जाना हो)

booze बूज़ *vi* & *n* बहुत पीना, प्याले पर प्याला चढ़ाना; *n* शराब, शराब का दौर; **boozy** *a* 1 बहुत पीने वाला, 2 नशे में चूर, मदोन्मत्त

bo-peep बो-पीप *n* आँखमिचौली; to play ~ (छोटे बच्चे के साथ) आँखमिचौली खेलना

borax बॉरैक्स *n* सोहागा

border बॉर्‌डर *n* & *vt* & *i* 1 सिरा, छोर, किनारा, 2 (धोती आदि की) कन्नी, किनारी, झालर, 3(देश की)सीमा; सीमान्त प्रदेश, 4 *comb:* ~**land** सीमा की दोनों ओर का कुछ प्रदेश, सीमा प्रदेश; *fig* बीच की या मध्यवर्ती अवस्था, *e.g.*, ~land between sleeping and waking ; ~**line** *n* सीमारेखा; दो वर्गों की विभाजक रेखा; *a* a ~line case अनिश्चित या सन्दिग्ध मामला [It is not certain whether he will pass or fail; his is a ~line case]; *vt* & *i* 1 सीमा बनाना या होना [The lake is ~ed by a road], 2 **to** ~ (**on, upon**) लगा या सटा हुआ, सीमा से मिला हुआ होना [Nepal ~s (on, upon) India]; **to ~ on** लगभग होना [His condition ~s **on** insanity]

bore^1 बॉर *vt* & *i* & *n* 1 (वि० बरमें से)छेद या छिद्र करना, बरमाना [to ~ a hole in wood], यन्त्र से बेलनाकार छिद्र करना, to ~ a well कुँआ खोदना, 2 (दूसरों को धकेल कर) रास्ता बनाना [he bored his way through the crowd], 3 *vi* (तेल आदि का पता लगाने के लिए) कुँआ खोदना [to ~ for oil etc); *n* 1 बन्दूक की नली का छेद, 2 (बन्दूक की नली आदि का) व्यास, अन्तर्व्यास, 3 भूगत जल आदि का पता लगाने के लिए किया गया तंग और गहरा छिद्र

bore^2 *n* (usu as *pred*) उबा देने वाली चीज़ या काम; फ़िज़ूल बातों से उबा देने वाला व्यक्ति, दिमाग चाटने वाला, सिर-खाऊ; *vt* फ़िज़ूल बातों से थका देना, सिर खाना, दिमाग चाटना; अरुचिकर काम से थका देना, **to ~ s.o. to death**; **to ~ s.o. stiff** किसी को बहुत उबा या उकता देना, ; ~**dom** *n* ऊब, उकताहट

bore^3 *n* समुद्र में उठने वाली बड़ी लहर (जो नदियों के मुहाने तक पहुंच जाती है), **ज्वारभित्ति**

borer बॉरर् *n* 1 बरमा, 2 सूराख़ करने वाला आदमी, 3 छेद करने वाला कीड़ा-विशेष, वेधक

born^1 बॉर्न *a* (see bear^2), **to be ~** जन्म लेना, **to be ~ with a silver spoon in one's mouth** जन्म से अमीर होना, अमीर घराने में जन्म लेना; to be a ~ poet ईश्वरप्रदत्त काव्यप्रतिभा से संपन्न होना, जन्मजात कवि होना, to be a ~ leader जन्म से नेताओं के-से गुण होना; जन्मजात नेता होना; ~ **fool** नितान्त मूर्ख, निरा बुद्धू

born^2 see bear^2 I, 1 & 9

borough बरः *n* 1 (ब्रिटेन में) नगर जिसका अपना नगर-निगम हो, 2 नगर या उसका भाग जिसे संसद् के लिए अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार हो

borrow बॉरो *vt* & *i* 1 उधार या ऋण या कर्ज़ लेना [to ~ sth **from, of**, s.o.], 2 दूसरे देश या व्यक्ति के विचार या रीति-रिवाज या आविष्कार अपनाना, दूसरे से लेना [to ~ s.o.'s ideas etc]; ~**er** *n* उधार लेने वाला, कर्ज़दार, ऋणी

Borstal बॉर्स्टल *n* ~ **institution** बाल-अपराधियों का सुधार करने का संस्थान

boscage, -kage बॉस्किज *n* पेड़ों और झाड़ियों के झुंड; झुरमुट, झाड़-झंखाड़; **bosky** *a* घने पेड़ों और झाड़ियों से भरा हुआ

bosom बुज़म *n* 1 *arch* छाती, वक्ष, 2 हृदय, अन्तःकरण, दिल; ~ **friend** दिली दोस्त, जिगरी

दोस्त, 3 भीतरी या मध्य भाग, in the ∼ of one's family अपने परिवार के मध्य में, in the ∼ of the church गिरजे के बीचों बीच

boss^1 बॉस *n* 1 उभार, उठाव, 2 ढाल आदि के मध्य में बना धातु का लट्टू

boss^2 *n* & *vt* (*colloq*) मालिक, बड़ा अफ़सर, कर्ता-धर्ता, कर्मियों से काम कराने वाला; *vt* 1 हुक्म चलाना, **to ∼ s.o. about** किसी पर हुक्म चलाते रहना, 2 सारा प्रबन्ध करना, **to ∼ the show** सारे खेल का प्रबन्ध करना, संस्था का कर्ता-धर्ता होना; **∼y** *a* हुक्म चलाने वाला, रोब जमाने वाला

botany बॉटनि *n* वनस्पतिविज्ञान, वनस्पतिशास्त्र; **botanical** *a* वनस्पति-संबंधी, वानस्पतिक; वनस्पति-विज्ञान-संबंधी; **botanist** बॉटनिस्ट *n* वनस्पति-शास्त्री; **botanize** बॉटनाइज़ *vi* पौधे एकत्र करने के साथ-साथ उनका अध्ययन करना

botch बॉच *n* & *vt* & *i* भद्दा जोड़ या पेवन्द (लगाना), भद्दा काम (करना); भद्दी मरम्मत (करना) [**to ∼ sth (up)**]

both बोथ *a*, *pron* & *adv* 1 both (the) brothers are here दोनों भाई यहां हैं; **to have it ∼ ways** दोनों विकल्पों या विरोधी स्थितियों से लाभ उठाना; you can't have it ∼ ways दोनों विकल्पों से कोई एक चुन लो, 2 (*pron*) both (of them) are here दोनों (भाई या चीज़ें आदि) यहां हैं, 3 *adv* I am ∼ happy and unhappy मैं प्रसन्न भी हूं और अप्रसन्न भी

bother बॉदर *vt* & *i* & *n* 1 तंग या परेशान करना, **to ∼ s.o. about sth** किसी बात के लिए किसी के पीछे पड़ना, 2 कष्ट करना या उठाना, चिन्ता करना, **to ∼ oneself, one's head, about** किसी के लिये चिन्ता करना या कष्ट उठाना, 3 *vi* परेशान होना, चिन्ता करना, कष्ट उठाना [to ∼ **to do sth**, to ∼ **about sth**]; *n* 1 चिन्ता, परेशानी; कष्ट, दिक्क़त, 2 चिन्ता का कारण; झंझट; परेशान करने वाला व्यक्ति या वस्तु; **∼ation** *n* & *int* 1 चिन्ता, परेशानी, 2 *int* भाड़ में जाये! मारो गोली!; **∼some** *a* परेशान करने वाला, कष्टप्रद, झंझट का

bottle बॉटल *n* & *vt* 1 (दूध, शराब, स्याही आदि की) बोतल, शीशी; **to bring up a child on the ∼** बोतल के दूध से बच्चे का पालन-पोषण करना, 2 शराब की बोतल, मद्यपान [He is fond of the ∼; they discussed it over a ∼], 3 *comb:* **∼-fed** *a* जिसका पोषण बोतल के (न कि मां के) दूध से हुआ हो; **∼-neck** सड़क का तंग भाग (जहां यातायात के लिये प्रायः रुकावट पैदा हो जाती हो), मार्गविरोध; *fig* (माल के उत्पादन आदि में) रुकावट, विघ्न, बाधा, अड़चन; *vt* 1 बोतल में भरना, 2 **to ∼ one's anger etc.** क्रोध आदि भावनाओं को मन ही मन दबा देना, क्रोध पी जाना, 3 (शत्रुसेना को) घेर लेना, घेरे रखना

bottom बॉटम *n* & *a* 1 सब से नीचे का भाग, तला, पेंदा, 2 नितम्ब; (कुर्सी का) तला, 3 (झील, नदी, समुद्र आदि का) तल, तह; (of ship) **to go to the ∼** डूब जाना; **to touch the ∼** पांव से नदी-तल को छूना; *fig* तह तक पहुंचना या जाना; the prices have touched the ∼ कीमतें बहुत गिर गई हैं, निम्नतम हो गई हैं, 4 आधार, मूल, कारण, तह, **to be at the ∼ of sth** किसी बात का कारण होना, किसी बात की तह में होना; **to get to the ∼ of sth** किसी मामले की ख़ूब छान-बीन करना; मामले की तह तक पहुंचना; **to knock the ∼ out of an argument** दलील को बेकार सिद्ध करना; दलील को निर्मूल कर देना, **at ∼** मूलतः, वस्तुतः, असल में [he is a good fellow at ∼]; **from the ∼ of my heart** हृदय के अन्तस्तल से, सच्चे दिल से; *a* 1 नीचे का, सब से निचला [See the ∼ shelf], 2 सब से पिछड़ा हुआ [he is the ∼ boy of the class]; **∼less** *a* 1 अथाह, अगाध, 2 बेपेन्दा

bottomry बॉटम्रि *n* जहाज़ के मालिक को जहाज़ की ज़मानत पर उधार देने की पद्धति (जिसमें जहाज़ के डूब जाने पर ऋणदाता को ऋण वसूल करने का अधिकार नहीं रहता), पोतबन्धक ऋण पद्धति

boudoir बूड्वार पत्नी का (वस्त्र बदलने या बैठने का) निजी कमरा

bougainvillaea बूगन्विलिअ *n* गरम देशों का काँटेदार पौधा जिस पर पीले, गुलाबी, लाल आदि फूल आते हैं, बूगनविलिया

bough बाउ *n* पेड़ के तने से निकलने वाली मुख्य शाखाओं में एक, मुख्य शाखा, डाल **(see branch)**

boulder बोल्डर *n* (नदी-वेग से गोल हुआ) बड़ा पत्थर, गोला पत्थर, गोलाश्म

boulevard बूल्वार *n* (वृक्षपंक्ति से सुशोभित) बड़ी सड़क, राजमार्ग, मुख्य मार्ग

bounce बाउन्स *vt* & *i* & *n* 1 (गेंद) उछालना; (गेंद का) उछलना; (व्यक्ति का) उछलना-कूदना, 2 **to ∼ into** (*or* **out of**) the room शोर करते हुए या क्रोध से कमरे में आ घुसना (या निकल भागना) 3 डींग मारना, 4 (of cheque) खाते में रुपया न होने के कारण बैंक द्वारा लौटा दिया जाना; *n* 1 उछाल, 2 डींग, शेखी; **bouncing** *a* bouncing girl उछल-कूद और शोर-गुल करने वाली हृष्ट-पुष्ट युवती

bound^1 बाउन्ड *n* & *vt* 1 (प्रदेश की) सीमा, हद; **in** (*or* **out of**) **∼s** विहित सीमा या हद के भीतर (या बाहर), this place is out of ∼s इस स्थान में जाना (वि॰ सैनिकों के लिए) निषिद्ध है, 2 *fig* सीमा, हद, to set ∼s **to** one's ambition अपनी आकांक्षाओं की सीमा बांधना; to go beyond the ∼s of reason ऐसी बात करना जो तर्कसम्मत न हो; **to know no ∼s** असीम या बेहद होना, की सीमा या हद न रहना [His joy knew no ∼s]; *vt* (usu in *pass*) 1 सीमा या हद बांधना, सीमित

करना, 2 (प्रदेश की) सीमा होना [India is bounded on the north by Nepal]

bound^2 *vi & n* 1 (of ball etc) उछलना, His heart ∼ed with joy उसका दिल खुशी से उछलने लगा, 2 (of living thing) कूदना, लपकना, चौकड़ी भरना [the deer ∼ed away]; *n* 1 (गेंद की) उछाल, 2 छलाँग, कुदान, चौकड़ी; to advance **by leaps and** ∼s बड़ी तेज़ी से आगे बढ़ना या प्रगति करना, दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति करना

bound^3 *a* 1 ∼(**for**) जाने को तैयार, रवाना होने वाला; जो चल पड़ा हो, जो जा रहा हो [the ship is ∼ for Madras], 2 दिशा-विशेष में जाने वाला; **outward** ∼ जो विदेश जा रहा हो; **homeward** ∼ जो स्वदेश लौट रहा हो

bound^4 (*pp* of bind) 1 to be ∼ to do sth करना अनिवार्य होना, अवश्यमेव करना, कर के रहना [He is ∼ to come, go, lose, win], 2 **to be** ∼ **up with** घनिष्ठ या गहरा या अटूट संबंध होना [our interests are ∼ up with those of our neighbours]; **bounden** *a* (only in) **my** ∼ **duty** मेरा अनिवार्य कर्तव्य, मेरा परम कर्तव्य

boundless *n* असीम, अपार, अनन्त

bounteous बाउन्टियस *a* 1 उदार, वदान्य, दानशील, 2 उदारता से दिया हुआ, 3 बहुत अधिक, भरपूर [∼ harvest]

bountiful=prec

bounty बाउन्टि *n* 1 उदारता, वदान्यता, दानशीलता, 2 (गरीबों को दिया जाने वाला) दान, 3 (उत्पादन बढ़ाने के लिये) सरकार द्वारा दिया जाने वाला धन, अनुदान

bouquet बु-के *n* 1 फूलों का गुच्छा, गुलदस्ता, 2 *fig* प्रशंसा, 3 मदिरा की सुगन्ध

bourgeois बुअर्श्ज़्वा *n & a* 1 (समाज के) मध्यम वर्ग का (व्यक्ति), धनी या व्यापारी वर्ग का (व्यक्ति), 2 *derog* व्यक्ति जिसका मुख्य उद्देश्य धन कमाना और समाज में सम्मान पाना हो

bourgeoisie बुअर्श्ज़्वाज़ी *n* **the** ∼ मध्यमवर्ग, धनी व्यापारी वर्ग

bout बाउट *n* 1 (काम या खेल की) पारी [wrestling ∼], 2 (शराब का) दौर; (बीमारी का) दौरा [a ∼ of flu]

bovine बोवाइन *a* 1 गोजातीय; 2 बैल-जैसा, (बैल के समान) मूर्ख, बछिया का ताऊ, गधा, उल्लू

bow^1 बो *n & vt* 1 इन्द्रधनुष, 2 धनुष; **to draw the long** ∼ अतिशयोक्ति करना; **to have two strings to one's** ∼ एक से अधिक उपाय या साधन (सुलभ) होना, 3 (वायलिन का) गज़, 4 दो कुंडलों वाली सरक-गांठ; टाई के रूप में लगाने वाला कुंडलित फ़ीता, बो; 5 *comb:* ∼**-legs** कमान की तरह टेढ़ी टांगें; ∼**-legged** *a* ऐसी टांगों वाला, धनुर्जंघ; ∼**man** धनुर्धर; ∼**string** चिल्ला, प्रत्यंचा; ∼**-window** बाहर को निकली धनुषाकार खिड़की *vt* (वायलिन पर) गज़ फेरना

bow^2 बाउ *vi & t & n* 1 झुकना, 2 *fig* झुकना, दबना, अधीनता स्वीकार करना, **to** ∼ **to, before, s.o.** किसी के आगे झुकना या दबना या गिड़गिड़ाना, 3 सिर झुकाना, नमस्कार या प्रणाम करना [to ∼ before the idol], 4 **to** ∼ **out** (प्रणामपूर्वक) विदा लेना [The minister ∼ed out of office], 5 झुकाना [to ∼ one's head], 6 in *pass* झुक जाना [he is ∼ed **(down) with** age, care, etc]; *n* नमस्कार, **to make one's** ∼ (आते या जाते समय) नमस्कार करना, विदा लेना

bow^3 *n* (oft in *pl*) *naut* नाव या जहाज़ की अगवाड़, ∼**man** अगवाड़ में बैठने वाला मल्लाह; ∼**sprit** बोस्प्रिट *n* जहाज़ की अगवाड़ से बाहर निकला हुआ शहतीर जिससे अगले मस्तूल को थामने वाली रस्सियां बंधी होती हैं, सबदरा

bowdlerize, -ise बाउड्लराइज़ *vt* (पुस्तक के) अश्लील अंश निकालना, परिशोधन करना

bowel बाउअल *n* 1 आंत, अंतड़ी, Keep your ∼s open कब्ज़ न होने दो, 2 *pl* किसी चीज़ का भीतरी भाग; in the ∼s of the earth भूगर्भ में

bower बाउअर *n* 1 घनी लताओं से घिरा स्थान, लतामंडप, कुंज, निकुंज, 2 *poet* भीतरी कमरा

bowl^1 बोल *n* 1 कटोरा [∼ of curd, rice, etc], 2 (साधुओं या भिखारियों का) कमंडल; **to go about with a begging** ∼ भीख मांगते फिरना

bowl^2 *n* 1 (सिरों पर चपटी) लकड़ी की गेंद (वि० स्किटल्स या बोल्ज़ नामक खेल की गेंद), 2 *pl* लकड़ी की गेंद से खेला जाने वाला खेल, बोल्ज़

bowl^3 *vt & i* 1 *crick* गेन्द फेंकना या देना; to ∼ s.o. (out) आउट करना, 2 **to** ∼ **s.o. over** गिरा देना; *fig* घबरा देना, लाचार कर देना, अभिभूत करना [He was ∼ed over by the news]; ∼**er** *n* गेंद फेंकने वाला, गेंदबाज़, ∼**ing crease** (*crick*) रेखा जिसके पीछे खड़ा होकर गेंदबाज़ गेंद फेंकता है, गेंदबाज़ी की रेखा

bow-wow बाउ-वाउ *int & n* कुत्ते के भूंकने की आवाज़ की नकल, भौं-भौं; *childish colloq* कुत्ता

box^1 बॉक्स *n & vt* 1 बक्स, बक्सा, सन्दूक, पेटी, 2 (सिनेमा, थियेटर आदि में) प्रेक्षकों के लिए अलग कक्ष, 3 (अदालत में) कठघरा [**witness-**∼], 4 (सन्तरी आदि के खड़े होने की) कोठरी, 5 विशेष समाचार के लिए चार रेखाओं से घिरा स्थान, खाना, कोष्ठक, 6 *comb:* ∼ **number** समाचारपत्र में छपे विज्ञापनों का उत्तर भेजने का नंबर, कोष्ठक संख्या; ∼**-office** (सिनेमा, थियेटर आदि का) टिकट-घर; *a.* ∼**-office success** चल-चित्र या खेल जिससे बहुत रुपया कमाया जाये; आर्थिक दृष्टि से सफल; *vt* 1 बक्स में रखना, 2 **to** ∼ **the compass** (*fig*) (राजनीति, तर्क आदि में) पूरा चक्कर काटना, अर्थात् जहां से शुरू किया हो अन्त में वहीं पहुंच जाना

box^2 *n* & *vt* & *i* कान पर प्रहार या थप्पड़; *vt* **1 to ~ s.o.'s ears** किसी के कान पर थप्पड़ मारना, 2 to ~ s.o. किसी के साथ मुक्केबाज़ी करना, 3 *vi* मुक्केबाजी (का अभ्यास) करना; **~er** मुक्केबाज़; **~ing** *n* मुक्केबाज़ी

Boxing Day *n* क्रिसमस के बाद पहला दिन (सिवाय रविवार के)

boy बॉ॑इ *n* **1** (१७-१८ साल तक का) लड़का, बालक, कुमार, **2** पुत्र, बेटा, **3** *comb:* **~-friend** (युवती का) युवा सहचर, मित्र, **~ scout** बालचर; **~hood** *n* लड़कपन, किशोरावस्था; **~ish** *a* लड़कपन का; बालोचित, बचकाना

bra ब्रा *n* अंगिया, चोली [*abbr* of brassière]

brace ब्रेस *n, vt* & *i* **1** बांधने या कसने या सहारा देने वाली चीज़, **2** *pl* ~s पतलून का गेलिस, **3** धनुकोष्ठक *i.e.* { }, **4** दान्तों को सीधा करने का तार, **5 ~ and bit** हाथ-बरमा, **6** (*pl* same) जोड़ा [four ~ of dogs, doves]; *vt* **1** जकड़ना, कसना; सहारा देना, टेक लगाना, **2 to ~ (up)** चुस्त होना, तैयार होना; **to ~ oneself (up) to do sth** काम के लिए हिम्मत करके तैयार हो जाना, **to ~ s.o. up** किसी में उत्साह भरना, प्राण फूंकना, हिम्मत बंधाना; **~ing** *a* जान डालने वाला, प्राणदायी [~ing air, climate]

bracelet ब्रेस्ले॑ट *n* **1** चूड़ी, कड़ा, कंगन, **2** *sl* हथकड़ी

brachycephalic ब्रैकिसफ़ैलिक, **-lous,** ब्रैकिसे॑फ़लस *aa* छोटे सिर वाला, लघुशिरस्क

bracken ब्रैकन *n* झाड़ी, झाड़-झंखाड़

bracket ब्रैकिट *n* & *vt* **1** दीवार से निकला हुआ चपटा भाग जिसपर मूर्तियां आदि रखते हैं, दीवारगीर, **2** (दीवार में लगी) टांड़ की टेक; ब्रैकट, **3** कोष्ठ, कोष्ठक, ब्रैकट *e.g.* ( ), [ ], { }, **4** (दो सीमाओं के भीतर का) वर्ग [income ~], (समान व्यक्तियों का) वर्ग [age ~]; *vt* **1** कोष्ठक में रखना, **2** दो व्यक्तियों की समता सूचित करने के लिए उन्हें सूची में साथ-साथ रखना, बराबर ठहराना [Ram and Sham are ~ed together]

brackish ब्रैकिश *a* (of water) कुछ-कुछ नमकीन, खारा

brad ब्रैड *n* (चपटे सिर की) कील, चोबा

bradawl ब्रैडॉल *n* सूराख करने की कील, आर

Bradshaw ब्रैड्शॉ *n* रेलवे टाइम-टेबल

brag ब्रैग *n* & *vi* (-gg-) **1** डींग, शेखी, गर्वोक्ति, **2** *vi* डींग मारना या हांकना, शेख़ी बघारना [to ~ about, of, sth]; **braggadocio** ब्रैग-डोशियो *n* बेकार की डींग, झूठी आत्मश्लाघा; **braggart** ब्रैगर्ट *n* & *a* डींग हांकने वाला, शेख़ीख़ोर

braid ब्रेड *n* & *vt* **1** (बालों की) चोटी, वेणी, **2** (बालों में गूंथने का) फ़ीता, रिबन, **3** (सोने-चांदी के तार या रेशम की) सजावटी डोरी; *vt* **1** (बाल) गूंथना, चोटी करना [to ~ one's hair]; गूंथना [to ~ flowers]; डोरी बटना [to ~ thread etc], **2** (बालों को) रिबन से बांधना, **3** (कपड़े पर) सजावटी डोरी लगाना

braille ब्रेल *n* (अंधों के पढ़ने के लिए) उभरे अक्षरों की छपाई, ब्रेलमुद्रण

brain ब्रेन *n* **1** मस्तिष्क, दिमाग, मगज़, भेजा, **to blow out one's ~s** (see blow^1, 8), **2** समझ, बुद्धि, मन, दिमाग़, **to cudgel** *or* **rack one's ~s** (about sth) बहुत दिमाग़ लड़ाना, माथापच्ची या मगज़पच्ची करना, सिर खपाना; **to have sth on the ~** किसी के बारे में हर समय सोचते रहना, धुन सवार होना; **to turn s.o.'s ~** दिमाग आसमान पर चढ़ाना, अभिमानी एवं मूर्ख बना देना; to tax one's ~ दिमाग थकाना, **3** *comb:* **~-fag** दिमागी थकावट; **~ fever** मस्तिष्क की सूजन; **Brain(s) Trust** परामर्शदाता विशेषज्ञमंडल; (श्रोताओं के प्रश्नों के उत्तर देने वाला) विज्ञमंडल; **~-washing** निरन्तर प्रश्न और सुझाव के द्वारा व्यक्ति के विचार बदल डालना, बलात् बुद्धि-परिवर्तन; **~-wave** अचानक कोई अच्छी बात सूझ जाना, चमत्कारी सूझ; **~less** बुद्धिहीन, मूर्ख; **~y** *a* चतुर, होशियार, तेज़ दिमाग़ वाला

brake^1 ब्रेक = bracken

brake^2 *n* & *vt* सन (या पटसन) कूटने का यन्त्र; *vt* सन (या पटसन) कूटना

brake^3 *n* & *vt* & *i* **1** गति धीमी या बन्द करने का यन्त्र, रोक, रोधक, ब्रेक; **to apply, put on, the ~s** गति धीमी करना, *fig* उत्साह मन्द करना; to act as a ~ upon (progress, initiative, etc) मन्द करना, नियन्त्रित करना, रोकना, **2 ~-van** (रेलगाड़ी का) ब्रेक वाला डिब्बा, *vt* & *i* (गाड़ी) रोकना, रोक या ब्रेक लगाना

bramble ब्रैम्बल *n* कांटेदार झाड़ी

bran ब्रैन *n* (गेहूं, धान आदि की) भूसी, चोकर

branch ब्रांच *n* & *vi* **1** शाखा, टहनी, डाल, डाली (N.B. पेड़ की मुख्य शाखाएं bough, उससे छोटी branch और सबसे छोटी twig कहलाती हैं), **2** (पर्वतमाला, नदी, सड़क, वंश, संस्था, विद्या आदि की) शाखा, **3 root and ~** *adv* समूल, आमूल, जड़ से, पूर्णतया [This custom must go root and ~], **4** *attrib:* **~-line** शाखा-लाइन, छोटी लाइन; **~ office** शाखा-कार्यालय; *vi* **1** शाखाएं फूटना [The tree ~es out in every direction], **2** शाखाओं में बटना, (बड़ी सड़क से) छोटी सड़क या सड़कें निकलना, **3** (संस्था का) नई शाखाएं खोलना [to ~ out], **4** (of car, train, etc) बड़ी सड़क छोड़कर छोटी पर चला जाना [to ~ away, off]

brand ब्रैन्ड *n* & *vt* **1** जली हुई या अधजली लकड़ी, लुआठी; **a ~ from the burning** आग से निकाली हुई लुआठी; *fig* व्यक्ति जिसे मुसीबत या पाप के दण्ड से बचा लिया गया हो, पापी जिसका उद्धार किया गया हो, **2** जानवरों को दागने का लोहा, दागने से

पड़ा निशान; दाग, *fig* दाग, कलंक, **3** ट्रेडमार्क, व्यापार चिन्ह, छाप, मार्का; (माल की) किस्म [a new ~ of tea, coffee], **4** **~-new** *a* एकदम नया; *vt* **1** (जानवर आदि पर) तपे हुए लोहे से निशान लगाना, दागना; (माल पर) मार्का या छाप लगाना, **2** कलङ्क लगाना, **3** *fig* **to ~ sth on s.o.'s memory** कोई बात किसी के मन पर अङ्कित करना

brandish ब्रैन्डिश *vt* (तलवार आदि शस्त्र को) घुमाना, फिराना, भांजना

brandy ब्रैन्डि *n* एक प्रकार की तेज़ शराब, ब्रान्डी

brash ब्रैश *a* (*colloq*) गुस्ताख़, धृष्ट; उतावला, जल्दबाज़

brass ब्रास *n* & *a* **1** पीतल; पीतल की बनी वस्तुएं, *mus* पीतल के बाजे, **2** *sl* दुस्साहस, धृष्टता, गुस्ताखी; *a* पीतल का, **~ band** पीतल का बैंड बजाने वाली टोली; **~ tacks** असल तथ्य या काम, असल मामला, **to get down to ~ tacks** (प्रारंभिक बातचीत समाप्त करके) असल काम शुरू करना (also see tack); **~y** *a* **1** (रंग, स्वाद, खनक में) पीतल-जैसा, **2** गुस्ताख़, उद्दण्ड; ढोंगी, दिखावा करने वाला

brasserie ब्रैसरि *n* भोजनालय (जहां बियर भी मिलती है)

brassiere ब्रैस्येँअर, ब्रैज़िअर *n* अंगिया, चोली

brat ब्रैट *n* (usu *derog*) बच्चा

bravado ब्रवाडो *n* दिखावे की बहादुरी, बहादुरी का दिखावा, दुस्साहस

brave ब्रेव *a* & *vt* **1** साहसी, हिम्मती, वीर, बहादुर, **2** साहसपूर्ण, जीवट का, वीरता का, **3** *liter* शानदार, भव्य, प्रशंसनीय [**to make a ~ show**]; *vt* परवाह न करना, बहादुरी से मुकाबला या सामना करना, **to ~ it out** निन्दा या सन्देह किये जाने पर भी हिम्मत न हारना और डटा रहना; **~ry** *n* साहस, हिम्मत, बहादुरी, वीरता

bravo ब्रावो *int* & *n* वाह-वाह, शाबाश

brawl ब्रॉल *n* & *vi* कोलाहल सहित कलह, लड़ाई-झगड़ा, झड़प, *vi* **1** झगड़ा करना, **2** (of stream) शोर करते हुए बहना

brawn ब्रॉन *n* मांस-पेशी, पुट्ठा; *fig* शारीरिक बल, बाहुबल; **~y** *a* **1** हृष्ट-पुष्ट, हट्टा-कट्टा, तगड़ा, **2** बलिष्ठ मांसपेशीयुक्त [He has ~y arms]

bray ब्रे *n* & *vi* **1** (गधे का) रेंकना, ढींचू-ढींचू करना, **2** कर्ण कटु स्वर (में बोलना)

braze ब्रेज़ *n* & *vt* पीतल और जस्ते का टांका (लगाना)

brazen ब्रेज़न *a* **1** पीतल का (बना हुआ), पीतल-जैसा, **2** **~-faced** *a* बेशर्म, निर्लज्ज, ढीठ; *vt* **to ~ it out** अपने दुराचरण पर लज्जित न होना, ढीठ बना रहना

brazier^{1} ब्रेज़ियर *n* पीतल के बर्तन आदि बनाने वाला, ठठेरा, कसेरा

brazier^{2} *n* दहकते कोयले रखने की जालीदार अंगीठी

breach ब्रीच *n* & *vt* **1** (नियम आदि का) उल्लंघन, अतिक्रमण, भंग, **~ of rules** नियम-भंग, **~ of contract** संविदाभंग, **~ of the peace** दंगा-फ़साद, बलवा, लड़ाई-झगड़ा, उपद्रव, शान्तिभंग, **~ of promise** (वि० शादी का) वादा तोड़ना, वचनभंग, **2** (मित्रता आदि) संबंध का टूटना, अनबन, फूट, बिगाड़, **3** दरार, (वि० मोर्चाबन्दी में) टूटी हुई जगह, **to step into the ~** संकट में सहायता करने के लिए आगे आना; *vt* तोड़ना, दरार डालना

bread ब्रेँड *n* **1** रोटी, पावरोटी, डबल रोटी; **~ and butter** मक्खन-रोटी ; *fig* अच्छा निर्वाह, **2** **one's daily ~** आजीविका; **to earn one's ~** रोज़ी कमाना; **he knows which side his ~ is buttered** वह खूब जानता है कि उसका फ़ायदा या हित किस बात में है; his ~ is buttered on both sides वह अच्छा खाता-पीता है; **to take the ~ out of s.o.'s mouth** किसी की रोज़ी छीन लेना, **3** **~-winner** (परिवार का पालन करने के लिए) रोज़ी कमाने वाला, परिवार का पालनकर्ता

breadth ब्रेँड्थ *n* **1** चौड़ाई, पाट, **2** फैलाव, विस्तार, विशालता, **~ of mind** विचारों की उदारता, **~ of view** दृष्टिकोण का विस्तार, विस्तृत दृष्टिकोण

break^{1} ब्रेक *vt* & *i* **I** *vt* **1** तोड़ना, फोड़ना; to ~ sth **in** two दो टुकड़े करना; to ~ sth **in, into,** pieces टुकड़े-टुकड़े करना, **2** *idioms:* **to ~ s.o.'s back** कमर या हिम्मत तोड़ना; to ~ the bank बैंक का दिवाला निकालना; **to ~ one's fast** अनशन समाप्त करना, व्रत खोलना; to ~ the flag झंडा फहराना; **to ~ fresh** (*or* **new**) **ground** नया काम शुरू करना, काम में प्रगति करना; **to ~ s.o.'s heart** दिल तोड़ना, बहुत निराश करना; **to ~ a horse** घोड़े को सधाना; **to ~ the ice** (चुप रहने के बाद) बातचीत शुरू करना, कार्य आरंभ करना; to ~ one's journey रास्ते में विश्राम के लिए रुकना, पड़ाव करना; to ~ one's word वादा तोड़ना; **to ~ the news to s.o.** किसी को कोई (बुरी) खबर सुनाना; **to ~ oneself, s.o., of a bad habit,** अपनी बुरी आदत छोड़ना; किसी की बुरी आदत छुड़वाना; **to ~ the peace** शांति भंग करना, उपद्रव या दंगा-फ़साद करना, **to ~ a strike** हड़तालियों पर दबाव डाल कर हड़ताल खतम कराना, **II** *vi* **1** टूटना, फूटना, **to ~ into pieces; to ~ in two, etc** टुकड़े-टुकड़े होना, The ship broke in two जहाज़ के दो टुकड़े हो गये, **2** अलग-अलग हो जाना, (of clouds) फटना, छटना; **to ~ loose** बंधन तुड़ा कर भाग जाना, छूट भागना, **3** (of bank) दिवाला निकालना, **4** (of day) निकलना [Day was beginning to ~]; (of heart) टूटना, (व्यक्ति को) घोर निराशा होना, **5** (of news) पता लगना; (of storm) चलने लगना, तेज़ या

प्रचण्ड होना; (of voice) (i) (यौवनारंभ में) आवाज़ फटना; (ii) ज़बान लड़खड़ा जाना [Her voice broke with emotion.], III (with *prepp*) to ~ **away** अलग करना या होना; to ~ **down** ढहाना, गिराना; खतम या नष्ट करना; तोड़ना; बिगड़ना [The car broke down]; नष्ट या खतम या समाप्त होना [His resistance broke down]; (मानसिक आघात के कारण) रो पड़ना, फूट-फूट कर रोने लगना [He broke down when he heard the news]; (of speaker) बोलते-बोलते रुक जाना; to ~ **in** घुसना; दखल देना, (घोड़े को); सधाना; to ~ **into** a house सेंध लगाना; to ~ **into** song, a laugh, etc गाने लगना, हँसने लगना; to ~ **into tears** रोने लगना; to ~ **off** तोड़ना, तोड़ कर अलग कर देना; समाप्त करना, तोड़ना [to ~ **off** an engagement]; **to** ~ **out** (of war) शुरू होना, छिड़ना; (of fire) लग जाना; (of disease) फैल जाना; to ~ **out (of)** से भाग निकलना; to ~ **up** टुकड़े-टुकड़े होना, (of meeting) विसर्जित होना, (of crowd) (तितर-बितर होना; **to** ~ **with s.o.** साथ छोड़ना, संबंध या मित्रता तोड़ना, **IV** *comb:* ~**away** *n* संबंधविच्छेद, अलहदगी; *a* संबंधविच्छेद करने वाला, अलग होने वाला; ~**down** *n* (i) (of car, any machinery) बिगड़ना, खराब होना, काम न करना; (ii) भंग; काम का रुक या बन्द या ठप होना [There was a ~down of bus services, communications, etc]; ~**neck** *a* गर्दनतोड़; ख़तरनाक [~neck pace, speed]; ~**through** *n* कठिनाइयों पर विजय, महत्त्वपूर्ण सफलता या प्रगति [a ~through in food production, in cancer research] ~**-up** *n* (i) अवसान, विनाश, अन्त, (ii) संबंधविच्छेद; विघटन [~-up of a marriage, coalition, etc], (iii) ब्यौरा, विवरण, वर्गीकरण, विश्लेषण; ~-up figures ब्यौरेवार आंकड़े; ~**-water** *n* (लहरों का जोर तोड़ने वाला) पुश्ता, बांध, सेतुबन्ध

break^2 *n* **1** टूट, टूटी हुई जगह, दरार, **2** व्यवधान [a ~ in service]; अन्तर, अन्तराल, **without a** ~ निरन्तर, **3** (काम के बीच) विश्राम का समय, अवकाश [coffee-, tea-, lunch-~]

breakage ब्रेकिज *n* **1** टूट-फूट [~ of crockery], **2** टूट-फूट से होने वाला नुकसान; टूट-फूट के लिए छूट

breaker ब्रेकर *n* बड़ी (समुद्री) लहर (जो तट या चट्टानों से जाकर टकराती है), भग्नोर्मि

breakfast ब्रे॑क्फ़स्ट *n* & *vt* नाश्ता या कलेवा या प्रातराश (करना)

bream ब्रीम *n* एक प्रकार की मछली

breast ब्रे॑स्ट *n* & *vt* **1** छाती, सीना, वक्षस्थल, **2** स्तन, कुच, छाती [to give a child the ~], **3** (of dress) सीना, छाती, **4** हृदय, मन, मन के विचार, भावनाएं, **to make a clean** ~ **of** निस्सङ्कोच भाव से (गलती, अपराध) मान लेना, **5** *comb:* ~**-fed** मां का दूध पीने वाला, ~**plate** कवच का वह भाग जो छाती का बचाव करता है, वक्षस्त्राण; ~**-stroke** मेंढक की तरह तैरना, ~**work** रेत के बोरों या पत्थरों से बनाई गई पांच-छः फुट ऊंची दीवार, वक्षभित्ति; *vt* छाती आगे करना; छाती से (लहरों आदि का) मुकाबला करना या लड़ना

breath ब्रे॑थ *n* **1** सांस, श्वास, निश्वास, दम; *idioms:* **to draw** ~ सांस लेना, जीवित होना; **to hold one's** ~ (भय या आश्चर्य से) सांस रोक लेना; **in one** (*or* **the same**) ~ एक ही सांस में, एक साथ, एक ही समय [He talked of war and peace in the same ~]; **to waste one's** ~ ऐसी बात कहना जिसका सुनने वाले पर कोई असर न हो, बेकार बोलना; **to save one's** ~ बेकार न बोलना; **to be, get, out of** ~ दम फूलना, हांफना; **to take** ~ दम लेना; **to take s.o.'s** ~ **away** हर्ष या आश्चर्य से अभिभूत करना, आश्चर्यचकित करना, हक्का-बक्का करना, चौंका देना, **2** हवा का हल्का-सा झोंका; ~**less** *a* **1** हांफता हुआ, **2** सांस रोके हुए, आश्चर्यचकित, स्तब्ध, स्तंभित; ~**-taking** *a* आश्चर्यचकित करने वाला, विस्मयकारी

breathe ब्रीद *vi* & *t* **1** सांस लेना, **2** जीवित होना [He is still breathing], **3 to** ~ **again** *or* **freely** भयमुक्त होना, आश्वस्त होना, **4** *vt* **to** ~ **one's last** प्राण त्यागना, **5** धीमे स्वर से बोलना, फुसफुसाना, Don't ~ a word of this इस का किसी से जिक्र तक मत करो; ~**er** *n* तनिक विश्राम; दम [to take, have, a ~er]

breathing *n*. ~ space दम लेने की फ़ुरसत, तनिक मोहलत

breech ब्रीच *n* बन्दूक या तोप की नाली का पिछला भाग; ~**-loader**; ~**-loading gun** तोप जिसमें पीछे से गोला-बारूद भरा जाता है

breeches ब्रीचिज़ *n pl* **1** घुटनों से जरा ही नीचे तक की पतलून, बिरजिस, **2** *colloq* पतलून; (of woman) **to wear the** ~ पति पर हुक्म चलाना

breed ब्रीड *vt* & *i* (bred) & *n* **1** (सन्तान) पैदा करना, जन्म देना, **2** (पशुओं की) नसल बढ़ाना, प्रजनन करना [He ~s horses, cattle, etc], **3** कारण होना, पैदा करना [Familiarity ~s contempt], **4** (व्यवसाय-विशेष का) प्रशिक्षण देना [He was bred to the law], **5** लालन-पालन करना और संस्कार डालना, a well-bred boy अच्छे संस्कारों वाला बालक; **bred in the bone** वंशानुगत, पुश्तैनी; *Prov:* **What's bred in the bone will come out in the flesh** वंशानुगत विशेषताएं या संस्कार प्रकट हो ही जाते हैं; *n* जाति, नसल; किस्म; ~**er** *n* पशुपालन तथा पशु-प्रजनन करने वाला; प्रजनक; ~**ing** *n* **1** लालन-पालन; अच्छी आदतें, शिष्टाचार, **2** (पशु-)प्रजनन

breeder reactor प्रजनक परमाणु-भट्टी (जिस में जितना ईन्धन या विखण्डनीय पदार्थ ख़र्च होता हैं उस से अधिक साथ-साथ बनता भी जाता है)

breeze ब्रीज़ *n* **1** मन्द पवन, समीर, बयार, **2** *colloq* कहा-सुनी, झड़प, थोड़ी गरमागरमी; **breezy** *a* **1** मन्द पवन वाला [breezy weather, place], **2** जिन्दादिल, खुशमिज़ाज

Bren ब्रॅन *n* (also **~-gun**) हल्की मशीन-गन

brethren ब्रॅद्रन *n pl* See brother

brevet ब्रॅविट *n* (वेतन में वृद्धि किये बिना) पदोन्नति करने का आदेशपत्र; ~ rank सम्मानार्थ पद; ~ major सम्मानार्थ मेजर

brevity ब्रॅविटि *n* **1** संक्षेप, शब्दलाघव, **2** अल्पता, संक्षिप्तता [~ of life]

brew ब्रू *vt* & *i* & *n* **1** बियर बनाना या बनना, **2** चाय बनाना या बनना, काढ़ा तैयार करना या होना [Tea is ~ing], **3** *fig* (षड्यन्त्र) रचना या रचा जाना, mischief is ~ing षड्यन्त्र रचा जा रहा है; बनना या तैयार होना, there is a storm ~ing आंधी उठ रही है; *n* तैयार की गई बियर आदि, (चाय का) काढ़ा [a good, strong, ~]; **~er** *n* बियर या शराब बनाने वाला; **~ery** *n* बियर या शराब का कारखाना

briar ब्राइअर *n* See brier

bribe ब्राइब *n* & *vt* घूस (देना), **~ry घूसख़ोरी**

bric-a-brac ब्रिक-ब्रैक *n* पुराने कुर्सी-मेज़ तथा चीनी मिट्टी के बर्तन आदि, विचित्र वस्तुएं

brick ब्रिक *n* & *vt* **1** ईंट, **2** ईंट के आकार का चाय का ढेला, चाय की ईंट; मक्खन या आइसक्रीम की ईंट, **3** to drop a ~ मूर्खता की बात करना, भारी गलती करना, **4** *comb:* **~bat** रोड़ा; **~-field** कच्ची ईंटें बनाने का मैदान; **~-kiln** भट्ठा, आँवाँ **~-work** ईंट की चिनाई, *vt* to ~ up a window ईंट की चिनाई से खिड़की बंद कर देना

bridal ब्राइडल *n* & *a* विवाह, विवाहभोज; *a* **1** विवाहसंबंधी, वैवाहिक, **2** दुलहन या वधू का

bride ब्राइड *n* **1** दुलहन, नववधू, **2** **~-cake**= wedding cake, **3** **bridesmaid** दुलहन की सहेली, वधू-सखी

bridegroom ब्राइड्ग्रूम *n* दूल्हा, वर

bridge^{1} ब्रिज *n* & *vt* **1** पुल, सेतु, **to cross a ~ when one comes to it** यदि और जब कोई स्थिति या समस्या उत्पन्न हो तभी उससे निपटना (न कि पहले से ही सोचने लगना), **2** *naut* डेक पर का चबूतरा जहां से कप्तान जहाज़ का संचालन करता है, **3** (नाक का) बांसा, **4** *comb:* **boat ~** किश्तियों का पुल, नाव का पुल; **~head** नदी के पार शत्रु-प्रदेश में बनाया हुआ मोर्चा, सीमा-पार का मोर्चा; (loosely) शत्रु के सामने का मोर्चा, अगला मोर्चा; *vt* पुल बांधना, पुल का काम देना, मिलाना; to ~ a gap खाली जगह भरना, to ~ the gulf खाई पाटना; *fig.* to ~ **over** obstacles, difficulties, etc रुकावटों, कठिनाइयों आदि को पार करना

bridge^{2} *n* ताश का एक खेल, ब्रिज

bridle ब्राइडल *n* & *vt* & *i* **1** लगाम; *fig* नियन्त्रण, निग्रह, संयम, **2** **~-path**, **~-road** रास्ता जिस पर घोड़ा चल सकता है पर मोटर आदि नहीं, अश्वपथ, घुड़सवार के लायक रास्ता, पगडंडी; *vt* **1** (घोड़े को) लगाम लगाना, **2** *fig* वश या काबू में रखना [to ~ one's passions etc]; *vi* **to ~ (up)** सिर को पीछे और ठोड़ी को अन्दर कर के नाराज़गी या घृणा या अभिमान व्यक्त करना [to ~ up at s.o.'s remarks]

brief^{1} ब्रीफ़ *a* & *n* **1** थोड़े समय का, अल्पकालीन, अल्पकालिक [~ sojourn], **2** संक्षिप्त, छोटा-सा; to be ~ संक्षेप में, या थोड़े शब्दों में कहना; **in ~** संक्षेप में; **~ly** संक्षेप में, संक्षेपतः; **~ness** **1** संक्षिप्तता, **2** अल्पता; **briefs** *n pl* छोटा सा जाँघिया या निकर

brief^{2} *n* & *vt* **1** वकील को दिया जाने वाला मामले का संक्षेप जिसके आधार पर वह अदालत में मामला पेश करता है, पक्षसार, मसौदा; **to hold a ~ for** s.o. किसी की वकालत करना; किसी की ओर से बहस करना; **to hold no ~ for** (*fig*) का समर्थन करने को तैयार न होना; **watching ~** दूसरे वकील के मुकदमे की देखभाल करने का काम; **~-case** कागज़-पत्र रखने का थैला; **2** आदेश, हिदायत, **3** पोप का आदेशपत्र; *vt* **1** मामले के तथ्यों का संक्षेप दे कर वकील को हिदायत करना, वकील करना, **2** विमान-चालकों को (हवाई हमले के बारे में) हिदायत करना, **3** काम आदि के बारे में पहले से अच्छी तरह बता या समझा देना

brier, briar ब्राइअर *n* (वि॰ जंगली गुलाब की) कांटेदार झाड़ी

brig ब्रिग *n* दो-मस्तूलों वाला जहाज़ (*abbr* of brigantine)

brigade ब्रिगेड *n* **1** (प्रायः तीन बटालियनों का) सैन्यदल, ब्रिगेड, **2** कर्मियों का संगठित या बावर्दी दल, टोली (fire ~); **Brigadier** ब्रिग-डियर *n* ब्रिगेड का नायक, ब्रिगेडियर

brigand ब्रिगन्ड *n* राहगीरों को लूटने वाला डाकू, लुटेरा, बटमार; **~age** डकैती, बटमारी; **~ism** डाकुओं का काम

brigantine ब्रिगन्टीन *n*=brig

bright ब्राइट *a* & *adv* **1** चमकीला, चमकदार, उज्ज्वल, दीप्त, **2** (of colour) भड़कीला, शोख़, **3** तीव्रबुद्धि, प्रत्युत्पन्नमति, होशियार [~ boy]; सूझ-बूझ का [~ idea], **4** प्रसन्नवदन, हर्षोत्फुल्ल, **5** प्रसिद्ध, विख्यात; *adv* अच्छी तरह, ख़ूब [The moon shines ~]; **~en** *vt* & *i* **1** चमकाना; चमकना, चमक उठना [his eyes, face, **~ened**], **2** खुश होना; उल्लसित होना; **~ly** अच्छी तरह, ख़ूब, तेजी से; **~ness** चमक, चमक-दमक, कान्ति, दीप्ति, **3** उजाला, उज्ज्वलता

Bright's disease गुर्दे की सूजन

brilliant ब्रिल्यन्ट, ब्रिलिअन्ट *a* 1 बहुत चमकदार या चमकीला [~ gem], दीप्तिमान्, 2 कुशाग्रबुद्धि, प्रतिभाशाली, 3 विख्यात, प्रसिद्ध [a ~ engineer], 4 शानदार [~ success], अद्भुत [~ idea]; **brilliance, ~cy** ब्रिल्यन्स, -न्सि *nn* चमक, चमक-दमक, कान्ति, दीप्ति

brilliantine ब्रिल्यन्टीन, ब्रिलिअन्टीन *n* बालों को चमकाने की क्रीम

brim ब्रिम *n* & *vt* & *i* (-mm-) 1 *n* (प्याले, कटोरे, गिलास का) किनारा, मुंह, 2 *vt* & *i* किनारे तक या मुंहामुंह या लबालब भरना; किनारे तक भरा जाना या भरा होना; to ~ **over** किनारों से निकल कर बह जाना, छलकना; **~ful(l)** *a* लबालब भरा हुआ

brimstone ब्रिम्स्टन *n* (*arch*) गन्धक; ~ **butterfly** गन्धक के रंग की तितली

brindled, brindle ब्रिन्डल्ड, ब्रिन्डल *a* (esp of cow, cat) भूरे रंग का जिसमें दूसरे रंग की धारियां हों, चितकबरा

brine ब्राइन *n* 1 नमकीन या खारा पानी, 2 समुद्र; **briny** *a* नमकीन, खारा; **the briny** (*sl*) समुद्र

bring ब्रिङ्ग *vt* (brought) I, 1 लाना, ले आना, 2 पैदा करना, लाना [Spring ~s flowers]; to ~ tears (in)to s.o.'s eyes की आँखों में आंसू ला देना, रुला देना [The news of Rama's exile brought tears to Bharata's eyes], 3 उपस्थित करना, प्रस्तुत या पेश करना, to ~ an action against s.o. किसी के ख़िलाफ़ मुकदमा दायर करना, 4 प्रेरित करना, करवाना; **to ~ oneself to do sth** कोई काम करने को तैयार होना [I could not ~ myself to betray my friend]; I can't ~ myself to believe this मुझे इस बात का विश्वास नहीं होता, 5 **to ~ home to** दिल या दिमाग़ में बिठा देना, कायल करना, समझा देना, अवगत कराना [the importance of physical education was brought home to the students]; **II** (with *prepp*) to ~ **about** पैदा करना, घटित करना, ला देना [Education has brought about a great political awakening in India]; to ~ **down** (इमारत) ढहाना, गिराना; (पक्षी, विमान) मार गिराना, (मूल्य) गिराना, घटाना, कम करना; (of actor, singer) इतना बढ़िया अभिनय या गायन करना कि प्रेक्षकों की वाह-वाह या तालियों से सारा थियेटर गूंज उठे [By her superb performance she brought down the house]; to ~ **forth** (बच्चा) पैदा करना; कारण होना [A change in the agenda brought forth loud protests from the members]; **to ~ forward** पेश करना, (विचारार्थ) प्रस्तुत करना; to ~ **into line** सीध में लाना; अनुकूल बनाना; **to ~ into play** काम में लाना, का प्रयोग करना, को अवसर देना; **to ~ off** (i) छुड़ा लाना, बचा लेना, निकाल लाना [The brigands brought off their comrade who had been caught by the police; the lifeboat brought off all the passengers]; (ii) (काम) पूरा करना, सफलतापूर्वक संपन्न करना [to ~ **off** an affair]; to ~ **on** कारण बनना, पैदा करना; to ~ **out** स्पष्ट रूप से व्यक्त करना या बताना, उजागर करना, प्रकट करना [B~ out the underlying idea of this poem]; प्रकाशित करना, छापना, निकालना [The publishers have brought out a new dictionary]; to ~ **over** अपने पक्ष में कर लेना, अपने साथ मिला लेना; अपने मत या विचार का बना लेना, समर्थक बना लेना [to ~ s.o. over to a cause]; to ~ s.o. **round** (i) होश में लाना; (ii) कायल करना, अपने विचार का बना लेना, मना लेना; to ~ (a patient) **through** इलाज या सेवा-शुश्रूषा से (रोगी की) जान बचा लेना; **to ~ to** होश में लाना; to ~ **under** अधीन करना, वश में लाना [The rebels have been brought under]; to ~ **up** (a child) पालन-पोषण करना, परवरिश करना; to ~ **up** (a matter, question, subject, etc) विचारार्थ प्रस्तुत करना, पेश करना, उठाना

brinjal ब्रिन्जॉल *n* बैंगन

brink ब्रिङ्क *n* 1 खड़ी चट्टान का किनारा, कगार, 2 जलाशय या नदी का (ऊंचा) किनारा, प्रपात; **to shiver on the ~** (नदीतट पर खड़े होकर) डुबकी लगाने में हिचकिचाना, *fig* कोई बड़ा या संकटमय काम आरंभ करने में हिचकिचाना, 3 निकटतम छोर, सीमा, **on the ~ of** the grave मरणासन्न; on the ~ of tears रोआसा; on the ~ of ruin विनाश के निकट, We are on the ~ of war हम युद्ध के कगार पर खड़े हैं, युद्ध छिड़ने ही वाला है

brinkmanship ब्रिंक्मन्शिप *n* युद्ध की नौबत लाने (पर युद्ध न छेड़ने) की नीति या कला; अपनी सुरक्षा या हितों का पूरा-पूरा ख्याल रखते हुए स्थिति को गम्भीरतम बना देना, सुरक्षा की सीमा तक खतरनाक नीति का अनुसरण, सीमान्तगामिता (की नीति)

briquette, briquet ब्रिकेट *n* कोयले के चूरे की ईंट या गोला, लड्डू कोयला

brisk ब्रिस्क *a* & *vt* & *i* 1 तीव्र, द्रुत, तेज़ [~ walk, walker, wind]; **at a ~ pace** तीव्र गति से, 2 तेजी से काम करने वाला, फुर्तीला, **चुस्त** [~ person], 3 ~ **trade** *or* **market** माल का जल्दी-जल्दी बिकना, व्यापार की तेजी, गरमबाजारी; *vt* & *i* to ~ **up** चुस्त बनाना, फुर्ती या तेजी लाना; चुस्ती या फुर्ती करना; **~ness** तेजी, तीव्रता; चुस्ती, फुर्ती, स्फूर्ति

bristle ब्रिसल *n* & *vt* & *i* **1** सूअर आदि पशु का कड़ा बाल, कूच, शूक, **2** बुरुश का बाल; *vt* & *i* **1** **to ~ up** रोंगटे खड़े करना या खड़े होना [The dog ~ed up its hair]; *fig* क्रुद्ध होना, लड़ने को तैयार हो जाना, **2 to ~ with** बहुत होना, की बहुतायत या भरमार होना, Our task ~s with difficulties हमारे काम में अनेकानेक कठिनाइयाँ हैं

Britain ब्रिटन *n* (also **Great ~**) बर्तानिया, ब्रिटेन (= इंग्लैंड, वेल्ज़ और स्काटलैंड); **British** ब्रिटिश *a* ब्रिटेन का, ब्रिटेन के लोगों का; **the British** *n pl* ब्रिटेन के लोग: **Britisher** *n* अंग्रेज; **Briton** ब्रिटेन *n* (*hist*) रोमन आक्रमण के समय दक्षिण ब्रिटेन का निवासी; *liter* ब्रिटेन का निवासी

brittle ब्रिटल *a* जल्दी टूटने वाला, भुरभुरा, भंगुर; **~ness** *n* भुरभुरापन, भंगुरता

broach¹ ब्रोच *n* मांस भूनने का सीखचा

broach² *vt* **1** (पीपे में) छेद कर के शराब निकालना [to ~ a cask], **2** *fig* **to ~ a subject, topic,** etc विषय या बात छेड़ना, विषय पर बातचीत शुरू करना, चर्चा चलाना

broach³ *vt* & *i* **to ~** (a ship) **to** (जहाज़ के पहलू को) हवा के रुख करना या होना, पवनाभिमुख करना या होना

broad ब्रॉड *a* & *n* **1** चौड़ा [a ~ road; the road is 100 ft. ~]; *phr:* **it is as ~ as it is long** दोनों पहलू एक-से हैं; किसी भी दृष्टि से विचार करो बात एक-ही है, **2** फैला हुआ, विस्तृत [the ~ ocean], **3** मुख्य, मोटा, मोटा-मोटा, सामान्य, **~ facts** मुख्य-मुख्य तथ्य; **~ outline** मोटी-मोटी बातें; **~ principle** मोटा या सामान्य सिद्धान्त, **4** पूर्ण, **in ~ daylight** दिन के पूर्ण प्रकाश में, दिन-दहाड़े, **5** स्पष्ट, साफ़ [~ hint], **6** *comb:* **~ gauge** बड़ी लाइन या पटरी; **~-minded** उदार (विचारों का); **~sheet** एक तरफ़ छपा हुआ कागज़ का बड़ा तख़्ता, बड़ा चिट्ठा; *n* वस्तु का चौड़ा भाग [the ~ of the back]; **~en** *vt* & *i* चौड़ा करना या होना; फैलाना या फैलना; विस्तृत करना या होना [A visit to a foreign country will ~en your outlook on life]; **~ly** मोटे तौर पर, **~ly speaking** मोटे शब्दों में, मोटी बात यह है कि

broadcast ब्रॉडकास्ट *vt* & *i* (*pt* -cast *or* -casted; *pp* -cast) *a*, *adv* & *n* **1** (समाचार, भाषण, संगीत) प्रसारित करना, **2** (बीजों को) बिखेर कर बोना, छितराना, छिटकाना, *a* (of seed) दूर-दूर बिखेरा हुआ, छितराया हुआ (न कि पंक्तियों में बोया हुआ); *adv* छितरा या छिटका कर, **~ sowing** छिटका कर बोना; *n* (रेडियो-)प्रसारण; *comb:* **~ receiver** ब्राडकास्ट रिसीवर, रेडियो-सेट; **~ing station** प्रसारणकेन्द्र, रेडियो स्टेशन

broadside ब्रॉड्साइड *n* जहाज़ के पहलू या बाजू का वह भाग जो पानी के ऊपर रहता है; एक बाजू पर की सारी तोपें; सारी तोपों की एक ही लक्ष्य पर एक-साथ गोलाबारी; *fig* घोर या भारी या व्यापक आलोचना

Brobdingnag ब्रॉब्-डिग्नैग *n* बृहत्काय लोगों का देश; **~ian** ब्रॉब्-डिग्नैगियन *a* बृहत्काय

brocade ब्र-केड *n* & *vt* कपड़ा जिस पर (वि० सोने-चांदी के तार से) बेल-बूटे बनाये गये हों, ज़री, कमख़ाब; *vt* (कपड़े पर) बेल-बूटे बनाना, कमख़ाब बनाना

brochure ब्रोशुअर *n* विवरण-पुस्तिका, विवरणिका

brogue ब्रोग *n* (देहात में पहनने का) मोटा जूता

broil¹ ब्रॉइल *vt* & *i* **1** आग या सीखचों पर (मांस) भूनना; भुन जाना, **2** *fig* (धूप में) तपाना या तप जाना, भुन जाना [He sat ~ing in the sun]

broil² *n* (*arch*) लड़ाई-झगड़ा; तकरार

broke ब्रोक (*arch pp* of break) *a* (*colloq*) दिवालिया, जिस के पास रुपया-पैसा न हो [He is ~]

broken ब्रोकन (*pp* of break) *a* टूटा हुआ, भग्न; **~ English** टूटी-फूटी अंग्रेज़ी; **~ ground** ऊंची-नीची या ऊबड़-खाबड़ ज़मीन; **~-hearted** भग्नहृदय, अत्यन्त निराश; **~ home** उजड़ा हुआ परिवार (जिसमें पति-पत्नी के तलाक के कारण बच्चों की देखभाल न होती हो); **~ sleep** बीच-बीच में उचट जाने वाली नींद; **~-winded** (of horse) हँफैल

broker ब्रोकर *n* **1** दलाल, आढ़तिया, **2** कुर्की का माल बेचने वाला

bromine ब्रोमीन *n* क्लोरीन से मिलता-जुलता तत्व (जो विषैला एवं गहरे भूरे रंग का होता है), ब्रोमीन; **bromide** *n* ब्रोमीन का यौगिक, ब्रोमाइड

bronchi ब्रॉङ्क्काइ, **bronchia** ब्रॉङ्क्किअ *nn pl* (f. bronchus) **1** (फेफड़ों में जाने से पहले) श्वासनली की दो शाखाएं, **2** फेफड़ों में श्वासनली की अनेक शाखाएं; **bronchial** *a* श्वासनलियों का; **bronchitis** ब्रॉङ्क्काइटिस *n* श्वासनलीशोथ; **bronchocele** *n* = goitre

bronze ब्रॉन्ज़ *n* & *vt* & *i* **1** कांसा, कांसी; **the B~ Age** कांस्ययुग (जिस में औज़ार और हथियार कांसे के बनते थे); *vt* **1** कांसे का रंग चढ़ाना, **2** *vi* सांवला हो जाना

brooch ब्रोच *n* (वस्त्रों पर लगाने की) जड़ाऊ सुई या पिन

brood ब्रूड *n* & *vi* **1** एक समय में अण्डों से निकले बच्चे, चूज़े, **2** *joc* मानवपरिवार, बच्चे, **3** एक ही प्रकार के पदार्थ, वर्ग, दल [~ of scoundrels]; *vi* **1** अण्डा सेना, **2** गहरी सोच में पड़ा रहना, सोचता रहना [to ~ **on, over,** sth]; **~y** *a* सोच में पड़ा हुआ, उदास

brook¹ ब्रुक *n* नाला, नाली, सोता; **~let** छोटी नाली

brook^{2} *vt* (usu with *neg*) सहना, सहन करना, बरदाश्त करना [I cannot ∼ interference]; the matter ∼s no delay इस मामले में देर करने की गुंजाइश नहीं है

broom ब्रूम *n* 1 सफ़ेद या पीले फूलां वाली एक झाड़ी, 2 झाड़ू, बुहारी; **a new** ∼ नया अधिकारी जो पुराने तरीके या ख़राबियां दूर करने को उत्सुक हो [*Prov:* A new ∼ sweeps clean]; ∼**stick** झाड़ू का डंडा

broth ब्रॉथ *n* (मांस आदि का) रसा, शोरबा

brothel ब्रॉथल *n* वेश्यालय, चकला, व्यभिचार का अड्डा

brother ब्रदर *n* 1 (*pl* ∼s) भाई, भ्राता, 2 घनिष्ठ मित्र, साथी, संगी, 3 (*pl* **brethren**) सहदेशवासी, सहधर्मी, एक ही संस्था या संघ का सदस्य, साथी; ∼**-in-law** बहनोई; साला, साढ़ू; (of woman) देवर, जेठ, नन्दोई; ∼**hood** *n* 1 भ्रातृभाव, भ्रातृत्व, भाईचारा, बन्धुत्व, 2 (एक ही धर्म या व्यवसाय आदि के लोगों का) समाज, संघ, बिरादरी

brow ब्राउ *n* 1 भौंह (also **eye**∼); **to knit one's** ∼**s** भौंहें सिकोड़ना, त्योरी चढ़ाना, 2 मस्तक, माथा, 3 (चट्टान, ढलान आदि का) उपरला भाग, शिखर; ∼**beat** *vt* ज़ोर से बोल कर या आंखे दिखा कर डराना, धमकाना: धौंस जमाना [to ∼beat s.o. **into doing** sth]

brown ब्राउन *a*, *n* & *vt* & *i* 1 भूरा; ∼ **bread** बिना छाने आटे की रोटी; ∼ **coal** भूरा कोयला (जो अधपका होता है); ∼ **study** उधेड़बुन; दिवास्वप्न [He was in a ∼ study], 2 *n* भूरा रंग; 3 *vt* & *i* (भूनने या धूप से) भूरा कर देना या हो जाना

browse ब्राउज़ *vt* & *i* & *n* 1 (घास, पत्तियां आदि) चरना, 2 *vi* (*fig*) पुस्तक आदि कभी कहीं से और कभी कहीं से पढ़ना, पन्ने उलट-पलट कर देखना या पढ़ना [browsing among books in the library]; *n* चरने की घास या पत्तियां आदि; चरने की क्रिया, चराई

bruise ब्रूज़ *n* & *vt* & *i* 1 चोट (जिससे त्वचा फटे नहीं पर नीली पड़ जाये); खरोंच, रगड़ [body covered with ∼s]; *vt* 1 (शरीर, पेड़, फल आदि को) खरोंचना, चोट या रगड़ पहुंचाना [He has ∼d his arm], 2 *fig* मानसिक आघात या चोट पहुंचाना, 3 *vi* खरोंच लगना, चोट लगना

brunch ब्रन्च *n* (*colloq*) (नाश्ते और मध्याह्न-भोजन के बजाय प्रातः देर से किया जाने वाला) भारी नाश्ता

brunette ब्रूनेॅट *n* (गोरी जाति की) सांवली स्त्री, श्यामला

brunt ब्रन्ट *n* सब से बड़ा धक्का या आघात या वार; मुख्य चोट या दबाव या ज़ोर; **to bear the** ∼ **of an attack** हमले का मुख्य आघात या दबाव सहना या झेलना; the ∼ of the attack fell on us हमले का धक्का या ज़ोर या दबाव हम पर पड़ा या हमें सहना पड़ा

brush ब्रश *n* & *vt* & *i* 1 बुरुश [tooth∼, hair∼], 2 कूची, तूलिका; the ∼ चित्रकला, 3 विद्युत्प्रवाह खोलने-रोकने का उपकरण, बुरुश, 4 बुरुश का प्रयोग, बुरुश करना [Give your coat a good ∼], 5 छोटी-सी तीखी मुठभेड़, भिड़न्त, 6 *comb:* ∼**wood** घनी झाड़ियां, झाड़-झंखाड़; ∼**work** चित्रकार की रंग करने की शैली; *vt* & *i* 1 बुरुश से (कपड़ा आदि) साफ़ करना; बुरुश से (मिट्टी आदि) हटाना या निकालना, 2 **to** ∼ **sth aside, away** विशेष ध्यान न देना, उपेक्षा करना; **to** ∼ **off** (*colloq*) धता बताना [She ∼ed him off]; to ∼ **over** पर हल्का रंग फेर देना; to ∼ **up** मांजना, चमकाना; (विषय का ज्ञान) ताज़ा करना, (विषय को) दुहराना [B∼ up your English], 3 *vi* तनिक छूना, छू कर निकल जाना [to ∼ **past** s.o.]; to ∼ **off** बुरुश फेरने से निकल या छूट जाना [The dust will ∼ off]

brusque ब्रस्क *a* (of speech, manner) रुखाई लिये हुए, अशिष्ट; ∼**ness** रुखाई, अशिष्टता

brutal ब्रूटल *a* 1 पाशविक, वहशियाना, निर्दय; निर्दयतापूर्ण; ∼**ity** *n* पाशविकता, वहशीपन, निर्दयता; ∼**ize** *vt* & *i* वहशी या निर्दय बनना या बनाना; ∼**ly** *adv* निर्दयतापूर्वक

brute ब्रूट *n* & *a* 1 पशु, वहशी, जंगली, 2 निर्दय या क्रूर व्यक्ति, 3 मूर्ख, 4 कामी या विषयी व्यक्ति; *a* 1 पाशविक, निर्दय, 2 चेतनाहीन, जड़, ∼**force** *or* **strength** अन्धी शक्ति; केवलमात्र भौतिक शक्ति

bubble बबल *n* & *vi* & *t* 1 बुलबुला, बुदबुदा, 2 शीशे आदि में खाली जगह, बुलबुला, 3 अव्यावहारिक विचार या योजना, हवाई किला, ख़्याली पुलाव; His ∼ has burst उसकी योजना विफल हो गई है; उसकी आशाओं पर पानी फिर गया है; *vi* & *t* बुलबुले उठना या उठाना, बुदबुदाना; to ∼ over with laughter, joy, etc हँसी छूटना, खिलखिला कर हँसना; खुशी से फूला न समाना

bubo ब्यूबो *n* (उरुसंधि, बगल आदि में निकलने वाली) गिल्टी; ∼**nic plague** चूहों से फैलने वाली प्लेग (जिसमें गिल्टियां निकल आती हैं), गिल्टी-प्लेग, ∼ **nocele** *n* हर्निया

buccaneer बक-नियर *n* समुद्री डाकू

buck^{1} बक *n* (नर) हिरन; (नर) खरगोश

buck^{2} *vi* & *t* 1 (घोड़े का) चारों पैर समेट और पीठ को गोल कर के उछलना, 2 *vt* to ∼ **off** इस प्रकार (सवार या बोझ को) पटक देना

buck^{3} *vi* & *t* (*colloq*) **to** ∼ **up** (esp in *imper*) हिम्मत करना, फुर्ती करना; *vt* उत्साह बढ़ाना

buck^{4} *n* (*sl*) ताश (पोकर) के खिलाड़ी को अपनी बारी याद दिलाने के लिए उसके सामने रखी

हुई चीज; **to pass the ~** to s.o. अपनी ज़िम्मेवारी दूसरे पर डाल देना

buck^{5} *n* U.S. *sl* डालर

bucket बकिट *n* & *vi* **1** बाल्टी, डोल, **2 to kick the ~** (*sl*) मरना, प्राण त्यागना, **3 ~-shop** सट्टाघर; *vi* घोड़े को सरपट दौड़ाना; बहुत पानी पड़ना

buckle बकल *n* & *vt* & *i* **1** (पेटी आदि बांधने का) बकसुआ, बकलस; *vt* & *i* **1** बकसुआ लगाना, बकसुआ लगा कर बांधना [to ~ a belt], **to ~ on one's sword** कमरबन्द में तलवार बांधना, **2 to ~ (down) to a task** काम करने के लिए कमर कसना, काम करने को तैयार हो जाना, दत्तचित्त हो कर काम में लगना, **3 to ~ up** (पहिये, आरे आदि धातु की चीज का) पिचकना, टेढ़ा-मेढ़ा होना, मुड़ना; **~er** *n* छोटी गोल ढाल

buckram बक्रम *n* & *a* **1** लिनन का मोटा कपड़ा, लेई से कड़ा किया हुआ कपड़ा, बकरम, **2** रुखाई, रूखापन, सख़्ती; *a* रूखा, सख़्त, कड़ा

buckwheat बक्वीट *n* घोड़ों और मुर्गियों को खिलाने का अनाज-विशेष, कोटू, कूटू

bucolic ब्युकॉलिक *a* & *n* **1** देहाती, ग्रामीण, **2** चरवाहों का; **~s** *n pl* ग्राम्यगीत; चरवाहों के गीत

bud बड *n* & *vi* (-dd-) **1** अंकुर, कोंपल; कली, ढोंढी; **to be in ~** (पौधे का) कलियों से युक्त होना; (पौधे पर) कलियां फूटना [the trees are in ~], **2** अविकसित वस्तु; विकास की आरंभिक अवस्था; **to nip sth in the ~** शुरू होते ही या आरंभिक अवस्था में ही किसी चीज़ को ख़तम कर देना, उभरने न देना, शुरू में ही दबा देना; *vi* कली निकलना या फूटना, खिलना; विकसित होना, **~ding poet, cricketer, artist, etc** उदीयमान कवि, क्रिकिट का खिलाड़ी, कलाकार आदि

budge बज *vi* & *t* (usu in *neg*) **1** तनिक हिलना या हिलाना, सरकना या सरकाना, खिसकना या खिसकाना; I won't ~ an inch मैं यहां से इंच भर नहीं हिलूंगा, **2** विचार बदलना या बदल देना; in *neg* अपनी बात पर अड़ा रहना, टस से मस न होना [Despite Dasaratha's entreaties, Kaikeyi did not ~]

budget बजिट *n* & *vi* & *t* (सरकार, संस्था, परिवार की) आय-व्यय का अनुमानपत्र, आयव्ययपत्र, बजट; **deficit ~** घाटे का बजट (जिसमें आय से व्यय अधिक हो); **surplus ~** बचत का बजट (जिसमें आय से व्यय कम हो); *attrib* बजट-संबंधी; **~ provision** बजट में की गई व्यवस्था या प्रावधान; *vi* & *t* **to ~ (for)** बजट में व्यवस्था या प्रावधान करना, बजट में मद रखना; **~ary** *a* बजट-संबंधी

buff बफ़ *n* & *a* & *vt* **1** गाय-बैल का चमड़ा, **2** मनुष्य की खाल, **in the ~; stripped to the ~** वस्त्रहीन, नंगा; *a* पीला, पाण्डु; *vt* (धातु, नाखून आदि) पालिश करना; (चमड़ा) मुलायम करना

buffalo बफ़लो *n* (*pl* **~es,** *or* **same**) भैंस, भैंसा [a herd of fifty ~ *or* ~es]

buffer^{1} बफ़र *n* **1** टक्कर का ज़ोर कम करने का स्प्रिंगदार उपकरण, टक्कर-रोक, प्रतिरोधक, बफ़र, **2 ~ state** दो देशों के बीच स्थित छोटा देश जो उनमें युद्ध की संभावना कम करता है, मध्यवर्ती या अन्तःस्थ देश, **3 ~ stock** (कीमतों का उतार-चढ़ाव रोकने के लिए) माल का अतिरिक्त भंडार, सुरक्षित भंडार

buffer^{2} *n* (*sl*) दकियानूसी या अकुशल व्यक्ति [usu **old ~**]

buffet^{1} बफ़िट *n* & *vt* & *i* **1** चपत, थप्पड़, **2** थपेड़ा, धक्का, **3** भाग्य का धक्का, किस्मत की मार; *vt* **1** चपत लगाना, थप्पड़ मारना, **2** थपेड़े लगाना [plants ~ed by rain; ship ~ed by the waves], **3** आघात लगाना [person ~ed by misfortunes], **4** *vi* लड़ना, मुकाबला करना [to ~ with the waves]

buffet^{2} बुफ़े *n* **1** खाने के बर्तन आदि रखने की मेज़ या अलमारी, **2** (होटल आदि में) कांउटर जहां भोजन खरीदा और खाया जा सकता है, **3 ~ car** जलपान का डब्बा; **~ meal** मेज़ पर रखा भोजन जिसे मेहमान स्वयं परोस कर और चल-फिर कर या बैठ कर खाते हैं, अनौपचारिक भोज

buffoon बफ़ून *n* भांड, मसख़रा, विदूषक; **to play the ~** भंडैती या मसखरी करना; **~ery** *n* भंडैती, मसख़री

bug बग *n* & *vt* **1** खटमल, **2** (कोई भी) छोटा कीड़ा; कृमि, **3 big ~** (*sl*) बड़ा आदमी, **4** (यन्त्र में) नुक्स, खराबी, **5** (गुप्तरूप से बातचीत सुनने के लिए) छोटा-सा गुप्त माइक्रोफ़ोन; *vt* **1** गुप्त माइक्रोफ़ोन आदि लगाना, **2** गुप्त माइक्रोफ़ोन से (बातचीत) सुनना [~ging devices]

bugaboo बग-बू, **bugbear** बग्बेॅअर *nn* झूठा या सच्चा डर पैदा करने वाली चीज, हौआ, जूजू [the bugbear of rising prices]

bugger बगर *n* & *vt* **1** लौंडेबाज, **2** *law* पशु से मैथुन करने वाला, **3** (वि० घृणित) आदमी, व्यक्ति; बदमाश; **~y** लौंडेबाज़ी, अप्राकृतिक मैथुन

buggy बगि *n* छोटी घोड़ा-गाड़ी, बग्घी

bugle ब्यूगल *n* & *vi* & *t* बिगुल (बजाना); *vt* बिगुल बजाकर संकेत करना या बताना [to ~ reveille]

build बिल्ड *vt* & *i* (built) & *n* **1** (घर, घोंसला, जहाज आदि) बनाना, निर्माण करना, खड़ा करना, **to ~ castles in the air** हवाई किले बनाना, **2 to ~ in, into** एक चीज के अन्दर दूसरी चीज बनाना [to ~ in a cupboard; to ~ a cupboard into the wall]; **built-in** अन्तर्निर्मित; **to ~ up** धीरे-धीरे बढ़ा लेना; to **~ up** a reputation नाम पैदा करना; **to ~ (up)on** पर आधारित करना; **to ~ hopes on** s.o., sth किसी व्यक्ति या चीज से उम्मीदें लगाना; **to ~ up a place** जगह को मकानों से घेर लेना, **built-up**

area जगह जहां इमारतें बन गई हों, 3 *vi* to ~ **on** पर भरोसा रखना [Don't ~ on his promises]; ~**er** *n* 1 राज, 2 मकान बनाने का ठेकेदार; ~**ing** *n* इमारत, मकान, भवन; ~**ing material** इमारती सामान; *n* 1 गठन, बनावट, 2 शारीरिक गठन, काठी, **sturdy** ~ मजबूत काठी, 3 ~**-up of armies** on the border सीमा पर सेनाओं का जमाव

bulb बल्ब *n* 1 (प्याज, लिली आदि की) भूमिगत गाँठ, कन्द, 2 बिजली का लट्टू, बल्ब; ~**ous** *a* कन्द का; कन्दयुक्त; कन्दज; बल्ब के आकार का, कन्दाकार

bulge बल्ज *n* & *vi* & *t* 1 उभरा हुआ भाग, उभार, फुलाव; कूबड़, 2 *mil* शत्रुप्रदेश में गया हुआ मोर्चा, बल्ज; *vi* & *t* बाहर को निकलना या निकालना, उभरना या उभारना, फूलना या फुलाना [pocket bulging with coins]

bulk बल्क *n*, *vi* & *t* 1 बड़ी मात्रा, ढेर, अंबार, **in bulk** बड़ी मात्रा में, to buy, sell, in ~ थोक में खरीदना अथवा बेचना, 2 माल, **to break** ~ माल उतारना शुरू करना, 3 बृहत् आकार, बड़ी काया, 4 **the** ~ **of** अधिकतर भाग या संख्या, अधिकांश [the ~ of the people]: *vi* 1 (महत्त्व अथवा आकार में) जान पड़ना, लगना; **to** ~ **large** बड़ा या महत्त्वपूर्ण लगना, 2 *vt* (पुस्तक, सूत को) ऐसा बनाना कि मोटा लगे; ~y *a* बृहदाकार, स्थूल, भारी, भारी-भरकम

bulkhead बल्कहेॅड *n* 1 (जहाज, विमान आदि में) अलग-अलग कक्ष या खाने बनाने की दीवार, भित्ति, परदा, 2 कक्ष, ख़ाना

bull^1 बुल *n* 1 सांड़, बैल, वृषभ; **a** ~ **in a china shop** बेपरवाही से चीजें तोड़-फोड़ देने वाला आदमी, तबाही मचाने वाला; **to take the** ~ **by the horns** कठिनाई (से बचने के बजाय उस) का साहसपूर्वक सामना करना, 2 वृषभ राशि, 3 भाव बढ़ाने के लिए सट्टा करने वाला, तेजड़िया, 4 *comb:* ~**dog** बड़े सिर वाला (जातिविशेष का) कुत्ता; *fig* साहसी और हठी आदमी; ~**doze** *vt* बुलडोजर से इमारत आदि गिरा कर भूमि समतल करना; **to** ~**doze s.o. into doing sth** डरा-धमका कर काम करवाना; ~**dozer** भूमि को समतल करने वाली ट्रैक्टर-जैसी मशीन, बुलडोजर; ~**fight** *n* आदमी और बैल की लड़ाई; ~**-headed** *a* जिद्दी, हठी; ~ **market** मंडी जिसमें भाव चढ़ रहे हों, तेजी का बाजार; **bull's eye** ठीक वह जगह जहां निशाना लगाना हो, लक्ष्य, चाँद; ~**ish** *a* भाव बढ़ने का, तेजी का

bull^2 *n* पोप का आदेश या फ़रमान, पोप की घोषणा

bull^3 *n* (also **Irish** ~) विरोधगर्भित कथन, बेतुकी बात

bullet बुलिट *n* गोली; ~**-proof** *a* जिस पर गोली का असर न हो, गोली से अभेद्य, गोली-रोक

bulletin बुलिटिन *n* 1 (सरकारी) विज्ञप्ति, 2 बीमार के स्वास्थ्य के बारे में विज्ञप्ति, स्वास्थ्यविज्ञप्ति, 3 समाचारपत्रिका, घोषणापत्रिका; (समाचार-) प्रसारण, बुलेटिन

bullion बुल्यन *n* (डले आदि के रूप में) सोना-चांदी; ~ **market** सराफ़ा बाजार

bullock बुलक *n* (बधिया किया हुआ) बैल; ~**-cart** बैलगाड़ी, छकड़ा

bully^1 बुलि *n* & *vt* 1 (प्राय: कमजोर पर) धौंस या रोब जमाने वाला, धौंसिया, डराने-धमकाने वाला, 2 भाड़े का गुंडा; *vt* बलप्रयोग की धमकी देना, डराना-धमकाना, धौंस जमाना, परेशान करना, सताना; **to** ~ **s.o. into doing sth** डरा-धमका कर किसी से काम करवाना

bully^2 *vi* & *n* **to** ~ **off** (तीन बार हाकी-स्टिकों को टकरा कर) खेल शुरू करना, बुली करना; *n* बुली

bullyrag = ballyrag

bulrush बुल्रश *n* सरकंडा, सरपत, नरकट

bulwark बुल्वर्क *n* 1 (हमले से बचाने के लिए) दीवार, प्राचीर, परकोटा, 2 पुश्ता, बांध, धुस्स, 3 रक्षक (व्यक्ति या सिद्धान्त आदि) [Law is the ~ of society], 4 usu in *pl* (जहाज के) डेक की दीवार

bum^1 बम *n* (*sl*) नितम्ब

bum^2 *n* & *vi* & *a* 1 आवारागर्द; भिखमंगा, 2 *vi* to ~ **around** आवारागर्दी करना, 3 *a* घटिया, निकम्मा

bumble-bee बम्बल्-बी *n* भौंरा

bump बम्प *vt* & *i* & *adv* & *n* 1 पटक देना, दे मारना, धड़ाम से गिरा देना [He ~ed the box on the floor]; he ~ed his head **against, on**, the wall उसका सिर दीवार से टकरा गया, 2 *vi* टक्कर खाना, **to** ~ **into, against, sth** किसी चीज के साथ टकराना [He ~ed **into** me]; धड़ाम से जा पड़ना या गिरना, 3 to ~ **along** (ऊंची-नीची जगह पर) हिचकोले खाते हुए जाना [The cart ~ed along the rough road], 4 **to** ~ **into s.o.** (*colloq*) अचानक मुलाकात होना; *adv* एकाएक, ज़ोर से; **to come** *or* **go** ~ धम से आना या जाना; *n* 1 टक्कर, धक्का, 2 टक्कर की आवाज, धम, 3 (टक्कर से शरीर पर होने वाली) सूजन, उभार, गूमड़; खोपड़ी पर का उभार, 4 सड़क पर का उभार, 5 (वायु-दबाव के आकस्मिक परिवर्तन से विमान में लगने वाला) धक्का; ~y ऊंचा-नीचा; जिसमें हिचकोले लगें [~y road, ride]

bumper^1 1 बम्पर *n* टक्कर का जोर कम करने के लिए मोटरगाड़ी के आगे या पीछे लगा धातु का पत्तर, बम्पर

bumper^2 *n* 1 शराब का लबालब भरा गिलास, 2 बृहदाकार या बहुतायत की कोई चीज, 3 *attrib:*

प्रचुर, भरपूर, बहुत अधिक [~ **crop, harvest**]; बृहदाकार, मोटा [~ edition of a journal]

bumpkin बम्प्किन *n* गँवार, देहाती; बुद्धू, झेंपू

bumptious बम्प्शस *a* 1 अधिकार जताने वाला, अपनी बात मनवाने वाला, 2 घमंडी, अभिमानी

bun बन *n* 1 मीठी गोल डबलरोटी, बन, 2 बन के आकार में बनाये हुए बाल

bunch बंच *n* & *vt* & *i* 1 गुच्छा [a ~ of flowers, grapes, keys, etc], 2 समुदाय, सकलन, समूह [the best of the ~]; *vt* & *i* 1 गुच्छा या गुच्छे बनाना या बनना, 2 एकत्र करना या होना

bund बन्ड *n* बांध, पुश्ता

bundesrat बुन्डिस्-राट *n* पश्चिम जर्मनी की राज्य-सभा; **bundestag** बुन्डिस्-टाग *n* पश्चिम जर्मनी की लोकसभा

bundle बन्डल *n* & *vt* & *i* 1 गट्ठर, गठरी, पोटली, पुलिन्दा [~ of clothes, papers, etc], 2 (of sticks, firewood) गट्ठा, 3 (of reeds) पूला, पूलिका; *vt* 1 गठरी या पोटली बांधना, इकट्ठा करना, बंडल बनाना, 2 बिना क्रम के रख या डाल देना [He ~d everything into the box], 3 **to ~ (s.o.) out, off, away** धकेल बाहर करना, जल्दी से भेज देना; *vi* हड़बड़ा कर चला जाना

bung बंग *n* & *vt* (पीपे का मुँह बन्द करने का) डट्टा, डाट; **~-hole** (पीपे का) मुँह; *vt* 1 डाट लगाना, बन्द करना, 2 **~ed up** (of eyes) चोट की सूजन के कारण बन्द, (of drains) मल के कारण रुका हुआ

bungalow बङ्गलो *n* बंगला, कोठी

bungle बंगल *vi* & *t* & *n* 1 अनाड़ीपन से (काम) करना, (काम) बिगाड़ना, (काम) पूरा न करना [to ~ a job]; गड़बड़ कर देना, घपला करना; *n* 1 अनाड़ीपन का काम, गड़बड़ी, घपला, 2 बिगड़ा हुआ काम [to make a ~ of sth]; **~er** *n* काम बिगाड़ने वाला, गड़बड़ करने वाला; **~ing** *n* गड़बड़ी, घपलेबाज़ी

bunk बंक *n* (*abbr* of bunkum)

bunker बंकर *n* & *vt* 1 (युद्धक्षेत्र में सैनिकों के रहने तथा गोलियां चलाने के लिये) तहखाना, बंकर, 2 (गोल्फ़ के मैदान में) रेतभरा गड्ढा, 3 (जहाज में) कोयला आदि रखने की कोठरी; *vt* (in *pass*) **to be ~ed** (i) (गोल्फ़ के खिलाडी की गेंद का) गड्ढे में जा पड़ना; (ii) *fig* (व्यक्ति का) मुसीबत में पड़ना

bunkum बंकम *n* दिखावा, दिखाने की बातें, बेकार की बकबक [That's all ~]

bunny बनि *n* (बच्चों की बोली में) खरगोश

bunting बंटिङ्ग *n* 1 झंडे-झंडियाँ, 2 इन के बनाने का कपड़ा

buoy बॉइ *n* & *vt* 1 तैरता हुआ लंगरयुक्त उपकरण जो सूचित करता है कि कहां-कहां चट्टानें हैं और जहाज़ किस मार्ग से जा सकता है, प्लव, बोया, 2 life-~ डूबने से बचाने वाला उपकरण; *vt* **to ~ up** (चीज़ को) डूबने से रोकना, तैरता रखना; (व्यक्ति को) उत्साहित करना, सहारा देना

buoyancy बॉइ-अंसि *n* 1 (ठोस पदार्थ का) तैरते रहने का गुण, तरणशीलता, 2 (द्रव का) अपनी सतह पर वस्तु को तैरते रखने का गुण, उत्प्लावकता [Salt water has more ~ than fresh water], 3 *fig* अपने आपको स्थिति के अनुसार ढालने का गुण, फिर से पहली स्थिति में आ सकने का गुण, लचीलापन, 4 (of person) जिन्दादिली; खुशदिली, 5 (of market) भावों में तेज़ी का रुख़

buoyant बॉइअन्ट *a* 1 तरणशील, 2 वस्तु को तैराता रखने वाला; उत्प्लावक, 3 फिर पहली स्थिति में आ सकने वाला; लोचदार, लचीला, 4 जिन्दादिल; अदम्य उत्साह वाला, 5 (of market) तेज़ी का

burden बर्डन *n* & *vt* 1 भार, बोझ, बोझा; *fig* भार [He is a ~ to his parents], 2 उत्तर-दायित्व, ज़िम्मेवारी, **the ~ of proof** अपना कथन प्रमाणित करने की ज़िम्मेवारी, 3 (जहाज़ की) वहनक्षमता [a ship of 5000 tons ~], 4 भार ढोना, भारवाहन, **beast of ~** लद्दू जानवर, भारवाही पशु, 5 (गीत की) टेक, स्थायी, ध्रुव, 6 (भाषण, पुस्तक, कविता आदि का) सार, सारांश; the ~ of the message is ... सन्देश का सारांश यह है कि...; *vt* (*lit* & *fig*) लादना, लाद देना, बोझ डालना [to ~ oneself, s.o., **with** sth]; **~some** *a* 1 भारी, बोझिल, 2 भारस्वरूप, थका देने वाला, कष्टप्रद [~some to s.o.]

bureau ब्युअ-रो (*pl* ~x, *or* ~s) 1 लिखने की (दराज़वाली) मेज़, 2 कार्यालय, दफ़्तर, सरकारी विभाग; **Information B~** सूचना-कार्यालय; **Tourist B~** यात्री-सूचना-कार्यालय; **~cracy** ब्युअ-रॉक्रसि *n* 1 अफ़सरों द्वारा (प्र)शासन, अफ़सर-शाही, दफ़्तरशाही, 2 अफ़सर वर्ग, अधिकारी वर्ग; **~crat** ब्युअर-क्रैट *n* सरकारी अफ़सर (वि० जो नियमों का गुलाम हो और अपनी सूझ-बूझ कम बरते); **~cratic** *a* अफ़सरशाही का, 2 नियमों की गुलामी का

burette ब्युअ-रॅट *n* द्रव की थोड़ी मात्रा मापने की नली, द्रवमापनी, ब्यूरेट

burgeon बर्जन *n* & *vi* 1 कोंपल (निकलना), कली (फूटना), 2 *fig* जल्दी-जल्दी बढ़ने लगना

burgess बर्जिस *n* ब्रिटेन में बरो (borough) का पूर्णाधिकारसम्पन्न नागरिक

burglar बंग्लर *n* ताला तोड़ कर या सेंध लगा कर चोरी करने वाला, सेंधमार, चोर; **~y** *n* सेंधमारी, चोरी; **burgle** *vi* & *t* सेंध लगाना, सेंध लगा कर चोरी करना [His house was burgled]

burgomaster बर्ग-मास्टर *n* (in Holland etc) नगरपाल, मेयर

burial बॅरियल *n* (f. bury) धरती में गाड़ना, दफ़नाना, दफ़न; **~-ground** कब्रिस्तान; **~-service**

जनाज़े की नमाज़, अन्त्येष्टि

burke बर्क *vt* 1 पता न लगने देना, दबा देना [to ~ an issue], 2 रोक देना, न होने देना [to ~ an enquiry]

burlap बर्-लैप *n* मोटा टाट, बोरा; मोटी किरमिच

burlesque बर्लेस्क *n* & *a* & *vt* (कविता, नाटक आदि की) उपहासार्थ नकल, भड़ौआ, प्रहसन; *a* विडम्बनात्मक, उपहासात्मक; *vt* विडम्बना करना, नकल उतारना

burly बर्लि *a* मोटा-ताज़ा, हट्टा-कट्टा

burn^1 बर्न *vt* & *i* (burnt, *occas* burned) **I** *vt* **1** जलाना, आग लगाना, **2** (ईंधन के तौर पर) जलाना [He ~s coal, oil, etc to heat the house], **3** (तेज़ आंच से) जला डालना, जला देना [You have burnt the meat], **4** *idioms:* **to ~ the candle at both ends** (i) (धन, शक्ति का) आवश्यकता या सामर्थ्य से अधिक व्यय करना, अपव्यय करना, (ii) रात में देर तक और फिर बहुत सवेरे उठकर काम करना, इतना अधिक काम करना कि स्वास्थ्य बिगड़ जाये; **to ~ daylight** (*arch*) दिन में लैम्प जलाना; **to ~ the midnight oil** रात में बहुत देर तक काम करते रहना; **to ~ one's fingers; to get one's fingers burned** दूसरे के काम में हस्तक्षेप कर के (या बिना सोचे-समझे काम करके) नुक्सान उठाना; **II** *vi* **1** जलना [The lamp is ~ing]; to ~ low (तेल या ईंधन कम हो जाने पर) धीमा जलना, **2** में आग लगना [The hut is ~ing], 3 (पकाते समय) जल जाना [The bread has ~t], **4 to ~ to do sth** कोई काम करने को बहुत उत्सुक होना, **5** जलन होना, चुनचुनाना [My wound is ~ing]; **III** (with *prepp*), to ~ **away** पूरा जला देना या जल जाना; to ~ **down** (मकान आदि) जला कर राख कर देना; to ~ **out** जल कर बुझ जाना; to ~ **up** एक दम जल उठना, लपटें निकलना; **~er** *n* लैम्प या स्टोव का वह पुर्ज़ा जो ज्वाला को विशेष आकार देता है, कल्ला, बर्नर; **~ing** *a* a ~ing desire तीव्र इच्छा, उत्कट अभिलाषा; **a ~ing question** सार्वजनिक चर्चा का विषय, बहुचर्चित प्रश्न (जिसे तुरन्त हल करने की ज़रूरत हो); a ~ing sensation जलन, **a ~ing shame** अत्यन्त लज्जाजनक बात; **burnt** *a* जला हुआ, **a burnt child dreads the fire** दूध का जला छाछ को फूंक-फूंक कर पीता है

burn^2 *n* जलने का दाग; (जलने से पड़ा) छाला; जला; जलन, दाह, झुलस, झुलसन

burnish बर्निश *vt* (धातु की चीज़ को) रगड़ कर चमकाना

burr बर *n* & *vt* & *i* 1 (कटे हुए कागज़ या धातु का) खुरदरा किनारा, 2 चूने का पत्थर, 3 सान, 4 रेफ की आवृत्ति-जैसा शब्द; घर्घर शब्द, घरघराहट; *vt* & *i* अस्पष्ट बोलना, घरघराना

burrow बरो *n* & *vi* & *t* (खरगोश का) बिल, (लूमड़ी आदि की) मांद, गुफा; *vi* & *t* 1 बिल या मांद खोदना या बनाना [to ~ a hole]; खोद कर रास्ता बनाना [to ~ one's way], 2 बिल या मांद में रहना, 3 *fig* (गुप्त बात या रहस्य की) खोज करना, अनुसंधान करना [to ~ **into** a mystery etc]

bursar बर्सर *n* (वि० कालेज का) खज़ानची, कोषाध्यक्ष

burst बर्स्ट *vi* & *t* (burst) **1** (of bomb etc) फटना, फट पड़ना, फट कर टुकड़े-टुकड़े होना; (of boil, abscess) फटना, (of egg) फूटना, **2** निकल आना [The sun ~ through the clouds], **3** (of river bank) टूट जाना, **4** (of bud, leaf, etc) फूटना, खिलना, खुलना, **5** *vt* फोड़ना [to ~ a balloon, tyre, etc]; तोड़ना [The river ~ its bank], **6** (with *prepp*) to ~ **into** pieces फूट या फट कर टुकड़े-टुकड़े होना; **to ~ into flame(s)** एक दम शोला उठना, भड़क उठना; to ~ **into** a room कमरे में आ धमकना, **to ~ into tears, laughter** फूट-फूट कर रोने लगना; खिलखिला कर हंस पड़ना; **to ~ out** एकाएक बोल उठना, बरस पड़ना, to ~ **out** laughing, crying, etc एकाएक खिलखिला कर हंसना; एकाएक फूट-फूट कर रोने लगना; to ~ **upon** एकाएक आना आ धमकना; to ~ **with** बहुत अधिक भरा होना, फटने को होना [pocket ~ing **with** coins]; **to be ~ing to** अति उत्सुक होना [He was ~ing to tell us the news]; *n* **1** छेदन, दरार, फटना **2** विस्फोट, धमाका [the ~ of a bomb], **3** आकस्मिक ज़ोर या जोश, लहर [~ of activity]; ~ of applause तालियों की एकाएक गड़गड़ाहट; ~ of flame ज्वाला की भभक

bury बेॅरि *vt* **1** (मुर्दे को) गाड़ना, दफ़न करना, दफ़नाना; to ~ alive जीवित या ज़िन्दा गाड़ देना, **2** धरती में दबा देना [to ~ a treasure]; छिपाना [to ~ one's face in one's hands], **3 to ~ the hatchet** लड़ाई-झगड़ा या शत्रुता खतम करना, सुलह करना, **4 to be buried in thoughts** विचारमग्न होना

bus बस *n* (*pl* ~es) & *vi* & *t* **1** बस, मोटर-बस; **to miss the ~** (देर करने के कारण) अवसर खो देना, **2** *vi* बस में जाना, बस में सफ़र करना, **3** *vt* (बच्चों को) बस में ले जाना

bush बुश *n* **1** झाड़ी, झाड़-झंखाड़; **to beat about the ~** घुमा-फिरा कर बात करना, विषय पर न आना, **2 the ~** (आस्ट्रेलिया में) वन-प्रदेश (जहां खेती न होती हो), **3** घने बाल, **4 Bushman** दक्षिण अफ़्रीका का आदिवासी; **bushman** (आस्ट्रेलिया का) किसान या जंगल में रहने वाला आदमी; **~ shirt** पेटीदार जाकेट; बुश-शर्ट; **~y** *a* **1** झाड़-झंखाड़ से

भरा हुआ, 2 घना, सघन [~y eyebrows]

bushel बुशल *n* 1 अनाज आदि नापने का पैमाना (=आठ गैलन), बुशल़, 2 **to hide one's light under a ~** अपने गुणों या विद्वत्ता को छिपाना; अपनी विद्वत्ता का अभिमान न करना [A true scholar does not brag about his learning, he prefers to hide his light under a ~]

business बिज़्निस *n* 1 व्यापार, वाणिज्य, व्यवसाय, क्रय-विक्रय; He is in ~ वह व्यापारी है, 2 कारोबार, काम-धंधा, व्यवसाय, पेशा [What's his ~?], 3 आने का कारण, मतलब, काम [What's your ~ here?], 4 अधिकार, मतलब, काम [you have no ~ to enter the office], 5 खास काम, उद्देश्य [I have come here on ~]; **Mind your own ~** अपने काम से काम रखो; **to send s.o. about his ~** किसी को चलता करना, धता बताना, 6 कार्यक्षेत्र, काम, कर्तव्य [It is a teacher's ~ to help his pupils]; **to mean ~** सच्ची लगन होना, सचमुच करना चाहना, कृतसंकल्प या तत्पर होना, 7 विचारणीय विषय, कार्यक्रम, एजंडा; **the ~ of the day** आज का कार्यक्रम; the ~ before the meeting बैठक का कार्यक्रम, 8 **to get down to ~** असली काम शुरू करना; **~like** *a* फुर्ती और सावधानी तथा ढंग से काम करने वाला, कार्यकुशल; व्यावहारिक और सुव्यवस्थित; ~ **man** व्यापारी, व्यवसायी

buskin बस्किन *n* 1 (ग्रीक अभिनेता का) घुटनों तक का जूता, 2 दु:खान्त या करुणाप्रधान नाटक

bust बस्ट *n* 1 ऊर्ध्वकाय प्रतिमा या मूर्ति, 2 (वि० स्त्री का) वक्षस्थल, छाती, 3 वक्षस्थल का घेरा

bustard बस्टर्ड *n* तेज़ दौड़ने वाला वृहदाकार पक्षी, हुकना

bustle बसल *vi* & *t* 1 सोत्साह काम में लगना, दौड़-धूप करना [People were bustling, about, in and out], 2 *vt* (दूसरे को) दौड़-धूप में लगाना; *n* दौड़-धूप, भागदौड़; हलचल

busy बिज़ि *a* & *vt* 1 काम में लगा या डूबा हुआ, कार्यमग्न, व्यस्त; to be ~ **at, with, sth**=to be ~ **doing sth** काम में या करने में व्यस्त होना; he was ~ packing वह सामान बांधने में व्यस्त था, 2 जिसे बहुत काम (रहता) हो, व्यस्त [The Principal is a ~ man]; जब बहुत काम हो [a ~ day]; जहां बहुत काम या दौड़-धूप या चहल-पहल हो [Chandni Chowk is a ~ place], 3 to get ~ काम शुरू कर देना; ~ **as a bee** मधुमक्खी की तरह बहुत काम करने वाला या व्यस्त; **~body** *n* दूसरों के काम में हस्तक्षेप करने वाला आदमी, टाँग अड़ाने वाला, शरारती; *vt* **to ~ oneself with sth**; to ~ oneself **doing sth** काम में व्यस्त रहना

but^1 बट *conj*, *adv* & *prep* 1 परन्तु, किन्तु, लेकिन [He tried but failed; a poor ~ honest man], 2 *adv* केवल, मात्र; She is ~ a child वह केवल बच्ची है; वह बच्ची ही तो है; he talks ~ little वह बहुत ही कम बोलता है; I cannot ~ believe that... मैं यह माने बिना नहीं रह सकता कि..., 3 *prep* सिवाय, अतिरिक्त; anything ~ that उसके सिवाय कुछ भी; **last ~ one** अन्तिम से पहला; **but for** के बिना, But for your help, I should have been ruined यदि आप मदद न करते तो मैं बरबाद हो जाता, 4 *conj* or *prep* सिवाय No one ~ me (*or* I) saw it मेरे सिवाय किसी ने यह नहीं देखा; he is anything ~ a hero वह चाहे और कुछ भी हो परन्तु वीर नहीं है

but^2 *n* & *vt* आपत्ति, एतराज़ [ifs and buts]; *vt* आपत्ति करना, किन्तु-परन्तु करना, अगर-मगर करना; **But me no buts** मेरे साथ अगर-मगर न करो; कोई एतराज़ न करो

butcher बुचर *n* & *vt* कसाई, बूचड़, वधिक; मांस बेचने वाला; **the ~, the baker, the candlestick-maker** सभी पेशों के लोग, 2 क्रूरतापूर्वक वध करने वाला, निर्दय हत्यारा; *vt* 1 छुरे आदि से काट डालना, निर्दयतापूर्वक हत्या करना, 2 अशुद्ध पाठ (या संपादन) से भ्रष्ट कर देना या बिगाड़ देना; **~y** *n* 1 बूचड़खाना, कसाईघर, 2 कसाई का पेशा, 3 निरर्थक जनसंहार

butler बट्लर *n* रसोई के सामान तथा शराब की संभाल रखने वाला, भंडारी, खानसामा, बटलर

butt^1 बट (शराब का) पीपा, ढोल

butt^2 *n* 1 (औज़ार आदि का) मोटा सिरा, कुन्दा, हत्था (also **~-end**), 2 (पेड़ के) तने का निचला भाग, 3 (सिगरेट का) बचा-खुचा टुकड़ा, अवशेष

butt^3 *n* 1 (चांदामारी में) चांद के पीछे का टीला, 2 the ~s चाँदमारी, 3 चाँद, लक्ष्य, निशाना, 4 उपहास का लक्ष्य या पात्र; व्यक्ति जिसका मज़ाक उड़ाया जाये [**to make a ~ of s.o.**; he is the ~ of the class]

butt^4 *vt* & *i* 1 (बकरी की तरह सींगों या सिर से) धकेलना, 2 टक्कर मारना [to ~ **into** sth], 3 to ~ **in** (दूसरों के काम में) दख़ल देना; दूसरों की बातचीत में बोल पड़ना, 4 सिरे मिलाना या मिलना [to ~ **against, upon,** sth]

butter बटर *n* & *vt* 1 मक्खन, नवनीत, 2 मक्खन-जैसा पदार्थ, मक्खन [peanut ~, vegetable ~], 3 चापलूसी, चाटूकारिता, 4 *comb:* **~-bean** लोबिया-जाति का पौधा, मक्खनबीन; **~-cup** पीले फूलों वाला जंगली पौधा; **~-fingers** *n* व्यक्ति जिसके हाथ से चीजें यों ही गिर जायें, वि० क्रिकिट की गेंद बोचने पर हाथ से छूट जाये; **~milk** छाछ, मट्ठा, तक्र; *vt* 1 मक्खन लगाना या चुपड़ना; मक्खन में पकाना, 2 **fine words ~ no parsnips** शपथ खा कर कहने मात्र से तथ्य बदल

नहीं जाते, 3 **to ~ s.o. up** किसी की चापलूसी करना

butterfly बटर्-फ़्लाइ *n* 1 तितली; **to break a ~ on the wheel** ज़रूरत से कहीं अधिक ज़ोर लगाना, शक्ति का अपव्यय करना, 2 प्रदर्शनप्रिय व्यक्ति, तितली, 3 छिछोरा या ओछा व्यक्ति

buttery बटरि *n* (ब्रिटिश विश्वविद्यालयों में) मक्खन-रोटी का भंडार

buttock बटक *n* (usu in *pl*) 1 नितम्ब, चूतड़, 2 कुश्ती में नितम्ब से ज़ोर लगाने का दांव-पेच

button बटन *n* & *vt* 1 बटन; **~hole** *n* & *vt* छिद्र जिससे बटन निकाला जाता है, बटन छिद्र, काज *vt* **to buttonhole s.o.** किसी को कोट आदि के बटन से पकड़ कर रोक लेना; अनिच्छुक व्यक्ति को रोक कर अपनी बात सुनाना, 2 बिजली का बटन, to press, push, the ~ बटन दबाना; *vt* (कोट आदि पर) बटन लगाना; *vt* & *i* **to ~ (up)** बटन बन्द करना या होना; **buttoned-up** (*colloq*, of person) बहुत कम बोलने वाला, कम मेल-मिलाप रखने वाला, ग़ैर-मिलनसार, (of work) सन्तोषजनक ढंग से संपन्न

buttress बट्रिस *n* & *vt* 1 मुख्य दीवार को मज़बूत करने के लिए बनी दीवार, पुश्ता, 2 *fig* सहारा, अवलम्ब, आधार(-स्तंभ) [the ~es of society]; *vt* 1 पुश्ता लगाना, सहारा देना, 2 *fig* युक्तियों आदि से पुष्ट करना [He adduced several reasons to ~ (up) his claim]

buxom बक्सम *a* (of woman) सुन्दर तथा स्वस्थ और मांसल

buy बाइ *vt* (bought) & *n* 1 खरीदना, मोल लेना [Money can ~ a house but not happiness], 2 रिश्वत देकर अपने पक्ष में कर लेना, खरीदना [you cannot ~ voters], 3 (कुछ) नुक्सान उठा कर प्राप्त करना [Victory was dearly bought], 4 (with *prepp*) **to ~ in** इकट्ठा खरीद लेना [to ~ in coal for the winter]; (नीलामी में) सबसे ऊंची बोली दे कर अपना ही माल खरीद लेना; **to ~ off** कुछ रकम देकर (व्यक्ति को) टालना या जान छुड़ाना; **to ~ over** रिश्वत देकर अपनी तरफ़ कर लेना; **to ~ up** अधिक से अधिक या सब का सब (माल) खरीद लेना; किसी फ़र्म को खरीद कर अपने में मिला लेना; *n* खरीद; सौदा, **a good ~** अच्छा सौदा, सस्ती मिली चीज़ [Good ~s from the Super Bazar]

buyer बाइअर *n* खरीदार, क्रेता, गाहक; **~'s** *or* **~s' market** जिसमें माल बहुत और गाहक कम हों अत: गाहकों के मज़े हों, क्रेतानुकूल मंडी

buzz बज़ *vi* & *t* & *n* 1 (of bee etc) गूंजना, गुंजारना, भिनभिनाना; (of place) गूंजना, (of ears) गूंजना, 2 (भौंरे की तरह) मंडराना, चक्कर काटना [to ~ about], तेज़ी से चलना [to ~ along the road]; **to ~ off** (*sl*) एकदम चला जाना, दूर होना, 3 (विमान का) दूसरे विमान के निकट आ कर उसे परेशान करना [The enemy fighters ~ed our aeroplane]; *n* 1 (मधुमक्खी का) गुंजार, भिनभिनाहट, 2 (बहुत से लोगों के बोलने का) गुंजार, 3 (यन्त्र की) घरघराहट, 4 अफ़वाह, भनक, 5 टेलीफ़ोन की घंटी की आवाज़; **~er** *n* 1 (धीमी आवाज़ करने वाली) बिजली की घंटी, गुंजक, 2 (फ़ैक्टरी का) भोंपू, हूटर

by बाइ *prep* & *adv* 1 पास, निकट, नज़दीक, बगल में [He was sitting ~ me, ~ fire], 2 (indicating possession) पास [I have no money ~ me], 3 **by oneself, himself**, etc अकेला [I was sitting by myself], 4 (मार्ग या दिशा का सूचक) [we'll go by the shortest route], 5(यात्रासाधन-सूचक) से [we'll go ~ car, plane, etc], 6 से, के द्वारा; made by hand हाथ का बना हुआ, **to do sth ~ oneself** बिना किसी की सहायता के करना, अपने आप करना, 7 के अनुसार, What's the time by your watch ? आपकी घड़ी में क्या बजा है ?, 8 (समयसूचक) में [He works ~ day, night, etc]; तक [Come back by 6 o'clock]; *adv* 1 समीप, पास; **to stand ~** (i) पास खड़ा रहना (और कुछ न करना), यों ही देखता रहना [I will not stand ~ and see him beaten up]; (ii) (प्रसारण सुनने की) प्रतीक्षा करना, (iii) तैयार खड़ा रहना) चौकस रहना [The troops are standing by]; **to stand ~ s.o.** किसी का साथ देना, समर्थन करना, मदद करना, 2 **to go** *or* **pass ~** पास से निकल या गुज़र जाना; The time is gone by when... वह समय बीत गया जब कि..., 3 **by and by** कुछ समय बाद; **by the by** =by the way (see way 16); **by and large** मोटे तौर पर, कुल मिला कर, 4 *comb:* **bygone** *a* अतीत; *n* (in *pl*) अतीत के अपराध; **Let bygones be bygones** पुरानी बातों को क्षमा कर दो और भुला दो; **bystander** *n* पास खड़ा व्यक्ति, दर्शक, तमाशाई

by, bye बाइ *a* अप्रधान, गौण, उप-, **by-blow** अप्रधान (शत्रु पर) प्रहार, **by-effect** गौण प्रभाव; **by-election** उपचुनाव; **bylane, bypath, byroad, bystreet, byway** छोटी गली, उपमार्ग; छोटी सड़क; *fig* अल्पविदित तथ्य या विषय, उपधारा [byways of history, literature, etc]; **byname** उपनाम, **bypass** *n* (घनी आबादी वाले) नगर के बाहर-बाहर जाने वाली नई चौड़ी सड़क, बाह्यमार्ग; *vt* 1 रास्ते की रुकावट से बच कर एक ओर से निकल जाना, to bypass a town नगर के (भीतर न जा कर) बाहर की सड़क से जाना; *fig* के पास न जाना, की उपेक्षा करना [He bypassed the Director and took his complaint to the Director-General]; **by-play** *n* नाटक के मुख्य व्यापार के साथ-साथ मंच की एक ओर चलने वाला गौण व्यापार, गौण नाटक, उपनाटक; **by-product** *n*

मुख्य वस्तु के निर्माण के साथ-साथ अपने आप बनने वाली दूसरी चीज़; गौण उत्पाद(न), गौण उपज; **byword** *n* 1 कहावत, लोकोक्ति, 2 व्यक्ति या स्थान जिसे किसी बुराई का नमूना माना जाये, पर्याय, पर्यायवाची [Kaikeyi became a byword for jealousy], 3 घृणा या उपहास का पात्र [He is the byword of the village]

bye-bye *n* (*colloq*) (चलते समय का) नमस्ते

by-law, bye-law *n* नगरपालिका आदि का नियम, उपनियम

byre बाइअर *a* गाय-बैल बांधने का छप्पर

Byzantine बिज़ॅन्टाइन *a* 1 रोम के पूर्वी साम्राज्य का (जिसके अन्तर्गत आधुनिक तुर्की का प्रदेश था), 2 पूर्वी साम्राज्य की (स्थापत्य आदि) कला से संबंधित; ~ **Empire** रोम का पूर्वी साम्राज्य जिसकी राजधानी थी कान्स्टेन्टिनोपल (आधुनिक इस्तंबूल)

Cc

C, c सी, अंग्रेज़ी वर्णमाला का तीसरा वर्ण; *abbrs* **C** (= centum) सौ, शत; **c., ca.** (= circa) (तिथि या वर्ष के संबंध में) लगभग [The invasion took place c. A.D. 1500]; **C**= Celsius; Centigrade; **C.B.I.** (Central Bureau of Investigations) केन्द्रीय (अपराध-)जांच विभाग, केन्द्रीय जांच ब्यूरो; **C.I.A.** (Central Intelligence Agency) अमरीकी गुप्तचर विभाग

cab कैब *n* 1 तांगा, बग्घी, 2 किराये की मोटर, टैक्सी, 3 (रेल के इंजन या बस में) चालक-कक्ष, 4 ~**man** कोचवान, ड्राइवर, चालक

cabal कबैल *n* 1 षड्यन्त्र, साँठ-गाँठ, 2 (वि० राजनीति में) साँठ-गाँठ करने वाला गुट, दल, मंडली

cabaret कैब-रे *n* 1 फ्रांसीसी सराय, जलपानगृह, 2 (also ~ **show**) जलपानगृह में नृत्य-संगीत आदि द्वारा मेहमानों का मनोरंजन

cabbage कैबिज *n* बन्दगोभी, पत्तागोभी, करमकल्ला

cabin कैबिन *n* 1 झुग्गी, झोंपड़ी, कुटिया, 2 जहाज़ में (वि० सोने का) छोटा कमरा, कोठरी, शयनकक्ष, 3 ~**-boy** परिचारक, छोकरा, ~ **class** प्रथम दर्जे और यात्री-दर्जे के बीच का दर्जा, मध्यम दर्जा

cabinet कैबिनिट *n* 1 दराज वाली अलमारी; ~**-maker** अच्छा फर्नीचर बनाने वाला, कुशल बढ़ई, पेटी बनाने वाला, 2 रेडियो या टेलीविज़न-सेट रखने की अलमारी, 3 **C**~ मंत्रिमंडल, मंत्रिपरिषद्; **C**~ **Minister** अन्तरङ्ग मन्त्री, कैबिनेट-स्तर का मन्त्री; **C**~ reshuffle मंत्रिमंडल का पुनर्गठन

cable केबल *n* & *vt* & *i* 1 पटसन या तार का बना मोटा रस्सा, 2 लंगर की ज़ंजीर, 3 धरती या समुद्र में बिछाया गया तार (जिसके द्वारा तार-सन्देश भेजे जाते हैं), 4 तार-सन्देश, 5 ~**gram** समुद्री तार; *vt* & *i* 1 तार या रस्सों से युक्त करना या बांधना, 2 समुद्री तार भेजना

caboose कबूस *n* (जहाज़ की) रसोई

cabotage कैबटाश्ज़ *n* समुद्रतट के साथ-साथ व्यापार या नौचालन; तटीय या अनुतट व्यापार

cabriolet कैब्रिअ-ले *n* टुटवां छत वाली कार; *hist* टपदार घोड़ा-गाड़ी

cacao ककाओ *n* 1 (also ~**-tree**) (उष्ण प्रदेश में उगने वाला) ककाओ का पेड़, कैको, 2 (also ~**-bean**) इस पेड़ के बीज जिनसे कोको और चाकलेट बनता है, ककाओ

cache कैश *n* & *vt* 1 खज़ाना या अनाज या गोला-बारूद छिपा कर रखने का स्थान, 2 छिपा कर रखी हुई ऐसी चीज़ें, गुप्त भंडार; *vt* छिपा कर रखना

cachectic ककेॅक्टिक *a* (f. cachexia) दुर्बल, क्षीण

cachet कैशे *n* 1 उत्कृष्टता का चिन्ह या मोहर, 2 दवा का कैप्सूल

cachexia, -xy ककेॅक्सिअ,सि *n* पुरानी शारीरिक या मानसिक दुर्बलता, क्षीणता

cachinnate कैकिनेट *vi* खिलखिला कर हंसना, अट्टहास करना; **cachinnation** कैकिनेशन *n* ज़ोर की हँसी, अट्टहास

cachou कैशू *n* कत्था

cackle कैकल *vi* & *n* 1 (मुर्गी का) अंडा देने के बाद कुड़कुड़ाना, 2 उच्च स्वर में बक-बक (करना), 3 अट्टहास (करना)

cacodemon कैकडीमन *n* 1 भूत, प्रेत, 2 दुष्ट व्यक्ति, पाजी; **cacography** ककॉग्रफ़ि 1 खराब लिखावट, 2 गलत हिज्जे, अशुद्ध वर्तनी; **cacophonous** ककॉफ़नस *a* 1 कर्णकटु, कर्कश, 2 बेसुरा; **cacophony** ककॉफ़नि *n* 1 कर्कश स्वर, 2 बेसुरापन

cactus कैक्टस *n* नागफनी, सेंहुड़

cad कैड *n* 1 असभ्य या अशिष्ट व्यक्ति, 2 लुच्चा, लफ़ंगा, गुंडा; ~**dish** *a* अशिष्ट

cadastral कडैस्ट्रल *a* भूमिकर-विषयक (ब्योरा, सर्वेक्षण आदि)

cadaver कडेवर *n* शव; ~**ic** *a* शव का, शववत्; ~**ous** *a* 1 शववत्, निष्प्राण, 2 मुर्दे-जैसा पीला, विवर्ण

cadence केडंस *n* 1 लय; ताल, 2 वाक्य के अन्त में स्वर का उतार, स्वरावरोह, 3 (बोलते समय) स्वर का उतार-चढ़ाव, आरोह-अवरोह

cadet कडे॑ट *n* 1 सैनिक (विद्यालय का) छात्र, 2 प्रारंभिक सैनिक या पुलिस प्रशिक्षण लेने वाला; प्रशिक्षार्थी; ~ **corp** प्रशिक्षार्थी दल

cadge कैज *vi & t* 1 भीख मांगते फिरना, 2 *vt* मांगना, मांग के लेना [to ~ a drink, meal, etc]; ~**r** *n* भिखमंगा, भिखारी

cadmium कैड्मियम *n* रांगे से मिलती-जुलती नीलाभ धातु, कैड्मियम

cadre काडर *n* 1 *mil* रजमेंट का मूलभूत स्थायी ढांचा (जिसका बाद में विस्तार किया जा सकता है), 2 ढांचा, 3 अनुभवी कार्यकर्ताओं का दल, संवर्ग

caducity कड्यूसिटि *n* नश्वरता; **caducous** कड्यूकस *a* 1 नश्वर, अस्थायी, 2 (*zool*, *bot*, of organs) कुछ समय बाद लुप्त या खतम हो जाने वाला, शीघ्रपाती

caecum सीकम *n* बड़ी आन्त के पहले भाग का बन्द सिरा (जिससे appendix जुड़ा रहता है); उण्डुक

Caesar सीज़र *n* 1 (वि० अगस्तस सीजर से हैड्रियन सीज़र तक का कोई) रोमन सम्राट्; ~**'s wife** व्यक्ति जिस पर सन्देह की गुंजाइश न होनी चाहिए, शुद्धाचार व्यक्ति; ~**ean** सिज़े॑अ-रियन *a* सीज़र का; ~**ean birth, operation, section** पेट चीर कर बच्चा निकालना (जैसा कि जूलियस सीज़र का जन्म हुआ माना जाता है), शल्य-प्रसव

caesura सिज़्यु अर: *n* (*pros*) पद्य के चरण के मध्य में विराम, यति

cafe कैफ़े *n* जलपानगृह (जहां चाय, काफ़ी, आदि मिले); **cafeteria** कैफ़िटिअ-रिय: *n* अन्नपूर्णा (जहां ग्राहक भोज्यपदार्थ कांउटर से स्वयं परोस कर लाते हैं)

cage केज *n & vt* 1 पिंजरा, 2 कैदखाना, कारागार, 3 (कर्मियों या गाड़ियों को) खान में उतारने-निकालने का कठघरा; *vt* पिंजरे में बन्द करना [~d birds]

Cain केन *n* **to raise** ~ (see raise 17)

caique काईक *n* छोटी नाव

cairn कें॑अर्न *n* (स्मारक या मार्गसूचक के रूप में बनाया हुआ) पत्थरों का स्तूप

caisson केसन *n* 1 (तोपगाड़ी के साथ लगी) गोला-बारूद की गाड़ी या बक्स, 2 (पानी में इमारत या खंभे की नींव डालने के लिए) जलरोक कठघरा

cajole कजोल *vt* 1 खुशामद या धोखे से (किसी से) काम करवाना [**to ~ s.o. into, out of, doing sth**], 2 ऐंठना [to ~ sth out of s.o.]; ~**ry** कजोलरि *n* चापलूसी, खुशामद; झांसा

cake केक *n* 1 मीठी डबल-रोटी, केक; **to sell like hot ~s** धड़ाधड़ बिकना; **you cannot eat your ~ and have it** कोई दो विरोधी स्थितियों से लाभान्वित नहीं हो सकता, 2 टिक्की, टिकिया [~ of soap]

calabash कैल-बैश *n* 1 कद्दू, 2 तूंबा

calamitous कलैमिटस *a* 1 विपत्ति लाने वाला; गज़ब ढाने वाला, 2 विपत्स्वरूप, भयङ्कर, गज़ब का

calamity कलैमिटि *n* 1 विपत्ति, आपत्ति, मुसीबत, 2 अनर्थ, आफ़त, बला, गज़ब

calcareous, -ious, कैल्के॑अ-रिअस *a* चूनेदार

calcify कैल्सिफ़ाइ *vt & i* 1 चूना बनाना या बनना, 2 पत्थर बनाना या बनना

calcine कैल्साइन *vt & i* 1 तपा कर चूना बनाना या बनना, 2 जला कर राख करना या होना; **calcination** कैल्सिनेशन *n* भस्मीकरण; निर्जलीकरण

calcium कैल्सियम *n* एक नरम सफ़ेद धातु (जो चूने, हड्डियों आदि में होती है), कैल्शियम

calculable कैल्क्यु लबल *a* 1 जो गिना जा सके, परिकलनीय, 2 जिस पर भरोसा या निर्भर किया जा सके, **भरोसे के लायक**

calculate कैल्क्यु लेट *vt & i* 1 गिनना, हिसाब लगाना [to ~ the cost], 2 (गणना द्वारा घटना का समय) पहले से जान लेना, 3 इरादा करना, उद्देश्य बनाना [~ed to attract visitors], 4 *vi* पर भरोसा करना, निर्भर करना [to ~ **on** sth happening]; ~**ed** *a* जान-बूझ कर या सोच-विचार कर किया हुआ, पूर्वचिरित [a ~ed insult], **a ~ed risk** हानि-लाभ का हिसाब लगा कर उठाई गई जोखिम, 2 काम करने योग्य या समर्थ, उपयुक्त [words ~ed to reassure us]; ~**ing** *a* हिसाब करने वाला, हिसाबी; स्वार्थी, चालाक, धूर्त; ~**ing machine**=calculator

calculation कैल्क्यु लेशन *n* 1 गिनती, गणना, हिसाब, परिकलन; **to be out in one's ~s** गलत हिसाब या अनुमान लगाना, 2 सोच-विचार [I did it after much ~]

calculator कैल्क्यु लेटर *n* हिसाब करने की मशीन, परिकलन यन्त्र, गणित्र, परिकलित्र

calculous कैल्क्यु लस *a* 1 पथरी का, 2 पथरी से पीड़ित

calculus कैल्क्यु लस *n* 1 गणित की शाखा-विशेष, कलन, परिकलन, 2 *med* पथरी

calefacient कैलिफ़ेशन्ट *a & n* गर्मी पैदा करने वाला (पदार्थ), ऊष्मोत्पादक; **calefactory** कैलि-फ़ैक्टरि *a & n* 1 ऊष्मोत्पादक, 2 *n* (ईसाईमठ में) गरम कमरा

calendar कैलिन्डर *n & vt* 1 पंचांग, पत्रा, जंतरी, कैलंडर; ~ **month** महीने की पहली तारीख से अन्तिम तारीख की अवधि (न कि कोई से 30 या 31 दिन), कैलंडर- मास, 2 सन्तों आदि की सूची, 3 जरूरी कामों की तिथि-सहित सूची; *vt* सूची में दर्ज करना; **Calends** *n pl* प्राचीन रोमन कैलडर में महीने की पहली तारीख; **on the Greek Calends** कभी नहीं

calender *n* कपड़े या कागज़ को रोलर से दबाकर मुलायम और चमकदार बनाने की मशीन

calf^{1} काफ़ *n* 1 बछड़ा, बछिया, 2 हाथी का बच्चा, 3 *naut* तिरता हिम-खंड

calf^{2} *n* घुटने के नीचे टांग का मांसल भाग, पिंडली

calibrate कैलिब्रेट *vt* (थर्मामीटर आदि मापक उपकरण पर के निशानों या अंकों को) संशोधित करना [to ~ a thermometer, tube, etc]

calibre कैलिबर *n* 1 (बन्दूक की नली या अन्य नली का) अन्तर्व्यास, 2 (गोली या गोले का) व्यास, 3 योग्यता, लियाकत, क्षमता; चारित्र्य-बल [A man of his ~ is not to be found today]

calico कैलिको *n* सफ़ेद सूती कपड़ा (जिस पर छपाई न हुई हो); ~ **printing** कपड़े की छपाई

caliph कैलिफ़ *n* मुसलमानों का धर्माध्यक्ष, खलीफ़ा; ~**ate** *n* खलीफ़ा का पद, खिलाफ़त

calk कॉक *n* & *vt* (जूते या घोड़े की नाल में लगा) नुकीला उभार, प्रवर्ध, कील; *vt* नाल में कील लगाना

call^{1} कॉल *vi* & *t* 1 ज़ोर से बोलना, चिल्लाना; (of bird) अपनी बोली बोलना, कल-रव करना, 2 *vt* नाम देना या रखना, बुलाना [He is ~ed Ramu]; **to ~ s.o. names** गाली देना, 3 बुलाना, मंगाना, तलब करना [to ~ a doctor, taxi, witness, etc], 4 (टेलीफ़ोन पर) बुलाना, को टेलीफ़ोन करना, 5 *idioms:* **to ~ attention to sth** किसी बात की ओर ध्यान दिलाना, **to ~ a meeting** बैठक में आने के लिए लोगों को बुलाना, बैठक बुलाना, **to ~ the roll** हाज़िरी लगाना, **to ~ a strike** हड़ताल की घोषणा करना; **to ~ sth one's own** किसी चीज़ को अपनी कहना, पर अपनी मिल्कियत जताना [There is nothing in this world that I ~ my own], 6 (with *prepp*) **to ~ at s.o.'s house** किसी से (घर पर) मिलने जाना, to ~ **for** की अपेक्षा या आवश्यकता होना [The occasion ~s for prompt action]; to ~ **forth** (i) उपस्थित करना, सामने लाना, (ii) पैदा करना, का कारण बनना, His remarks ~ed forth protests from the audience उसके कथन पर श्रोताओं ने आपत्ति की; **to ~ sth in question** किसी बात पर आपत्ति या एतराज़ करना, सन्देह करना, झूठ समझना, to ~ **off** a strike (*if not yet begun*) हड़ताल रद्द कर देना, हड़ताल न करने की घोषणा करना; (*if already begun*) हड़ताल बन्द या खतम कर देना, हड़ताल खतम करने की घोषणा करना; to ~ **off** a deal सौदा रद्द कर देना; **to ~ on, upon, s.o.** (i) किसी से मिलने जाना, (ii) किसी से अनुरोध या अपील करना; I feel ~ed upon to make a protest मैं विरोध करना अपना कर्तव्य समझता हूं; **caller** *n* मुलाकाती; मिलने वाला; **calling** *n* पेशा, व्यवसाय, आजीविका

call^{2} *n* 1 आवाज़, चिल्लाहट, पुकार [a ~ for help]; **at, on, ~** जो बुलाने पर उपस्थित हो सके; **within ~** इतना पास कि उसे **पुकारा** जा सके, 2 पक्षी की बोली, 3 आह्वान, पुकार [~ of the country], 4 भेंट, मुलाकात, **to pay a ~ on s.o., to pay s.o. a ~** किसी से (थोड़ी देर) मिलने जाना [to return s.o.'s ~], 5 (रुपये की) मांग, तकाजा, तलब, **call-loan, call-money** उधार या शेयर का वह रुपया जो मांगने पर तुरन्त अदा करना पड़ता है, 6 टेलीफ़ोन पर बातचीत, **to put through a ~** टेलीफ़ोन करना, 7 *comb:* **call-attention motion** (*Parl*) ध्यानाकर्षण प्रस्ताव; **~-girl** टेलीफ़ोन करने पर आने वाली वेश्या; **~ of nature** टट्टी-पेशाब की हाजत

calligraphy कलिग्रफ़ि *n* सुलेख, ख़ुशनवीसी

calliper कैलिपर *n* ~ **compasses**, ~**s** व्यासमापनी; व्यासमापक

callisthenic कैलिस्थें निक *a* बल-तथा-सौन्दर्यवर्धक; ~*s n* ऐसा व्यायाम

callosity कलॉसिटि *n* 1 त्वचा का बहुत मोटा और कड़ा होना, खाल की कड़ाई, 2 कड़ा एवं संवेदना-शून्य भाग, किण, **घट्ठा**

callous कैलस *a* 1 (of skin) सख्त, कड़ा, 2 (of person, heart) कठोर, निर्दय, क्रूर; ~**ness** कठोरता, निर्दयता

callow कैलो *a* 1 जिसके पंख अभी न निकले हों, पंखहीन, 2 अनुभवहीन, अधकचरा, कच्चा [a ~ youth]

calm काम *n*, *a* & *vt* & *i* 1 (of social, political, conditions) शान्ति, अमन, चैन; शान्ति का समय, 2 मानसिक शान्ति, 3 सन्नाटा, नीरवता, शांति, शांत वातावरण [in the ~ of the evening], 4 समय जब हवा बन्द हो, निर्वात समय; *a* 1 (of person) शान्तस्वभाव; जो घबराया हुआ न हो, शान्त, **to remain, keep, ~** शान्त रहना, धीरज न खोना, 2 (of place) शान्त; नीरव; (of sea) तरङ्गरहित, शान्त, (of weather) जब हवा बन्द हो, निर्वात; *vt* शान्त करना, चुप कराना, ढाढ़स बन्धाना; *vi* to ~ **(down)** शान्त हो जाना; ~**ly** 1 चुपचाप, 2 ठंडे दिल से, धीरज से; ~**ness** 1 शान्त स्वभाव, धीरज, 2 नीरवता, 3 निर्वातता

calomel कैल-मेॅल *n* सफ़ेद स्वादहीन रेचक रसायन, रसकपूर, कैलोमल

caloric कैल-रिक *a* ऊष्मा का, कैलोरी का

calorie कैल-रि *n* (*phys*) 1 ऊष्मा की इकाई, ऊष्मांक, **small ~** लघु कैलोरी (जो एक ग्राम जल का तापमान एक डिग्री सैंटिग्रेट बढ़ाती है), **large** *or* **great ~** बृहत् कैलोरी (जो एक किलोग्राम जल का तापमान एक डिग्री बढ़ाती है), 2 (खुराक की) ऊष्माजनक इकाई, ऊष्मांक; **calorific** कैल-रिफ़िक *a* ऊष्माजनक

calumny कैलम्नि *n* (बदनाम करने के लिये) झूठा आरोप, झूठा लांछन, तोहमत; बदनामी

calumniate कलम्नियेट *vt* झूठा आरोप या लांछन

लगाना, तोहमत, बदनामी; **calumniation** कलम्नियेशन *n* बदनाम करना, बदनामी, झूठा आरोप

Calvary कैल्वरि *n* 1 जरूसलम के बाहर एक पहाड़ी जहां ईसा को सूली पर लटकाया गया था, 2 सूली पर लटकाने का चित्र, कलवारी

calx कैल्क्स *n* (धातु या खनिज पदार्थ का) भस्म

calyx कैलिक्स *n* कली की बाहरी पत्तियां, बाह्यदलपुंज, पुटक

camaraderie कैम-राडरि *n* मित्रों-जैसी घनिष्ठता और परस्पर-विश्वास, मैत्री, भाईचारा

camber ~~कैम्बर *n*~~ (सड़क, जहाज़ के डेक का) तनिक उभार; तनिक गोलाई

cambist कैम्बिस्ट *n* विनिमयपत्र या हुंडी खरीदने-बेचने वाला, सराफ़

cambric केम्ब्रिक *n* सफ़ेद महीन सूती कपड़ा, केम्ब्रिक

camel कैमल *n* ऊँट; ~**ry** कैमल्रि *n* ऊँट-सवार फ़ौज, उष्ट्र-सेना

cameo कैमिओ *n* 1 पत्थर पर की हुई (उससे भिन्न रंग की) नक्काशी, 2 उभरी हुई नक्काशी वाला पत्थर, 3 संक्षिप्त साहित्यिक विवरण, रेखाचित्र; (नाटक का) लघु दृश्य

camera कैमरः *n* 1 (फ़ोटोग्राफ़ी का) कैमरा, 2 जज का निजी कमरा; **in** ~ बन्द कमरे में (न कि अदालत में), गुप्त रूप से, गुप्त

camlet कैम्लिट *n* (*arch*) (चोग़े आदि के लिए) कपड़ा

camouflage कैमुफ़्लाश्ज़ *n* & *vt* 1 किसी वस्तु (तोप, जहाज आदि) को शत्रु की दृष्टि से छिपाने के लिए उस पर कोई रंग करना या जाली या पत्ते बिछा देना, छलावरण (करना), छद्मावरण (करना), 2 *fig* असलियत छिपाना [to ~ the truth]

camp कैम्प *n* & *vi* 1 सैनिकों को ठहराने और प्रशिक्षण देने का मैदान, शिविर, छावनी, 2 (यात्रियों का) डेरा, पड़ाव, 3 डेरे अथवा शिविर में ठहरे हुए लोग, 4 *fig* सैनिक जीवन, 5 मत-विशेष के अनुयायी, समान विचार रखने वाले लोग [We belong to different political, religious, etc ~s], 6 *comb:* ~**-fire** खुले मैदान में अलाव; (रात्रि में) शिविर का मनोरंजन-समारोह; ~**-follower** (i) शिविर का असैनिक अनुचर; (ii) (सिद्धान्त या व्यक्ति का) अनुयायी, चेला, पिछलगा, गुरगा; *vi* 1 छावनी डालना, पड़ाव या डेरा डालना, 2 **to** ~ **(out)** खुले मैदान या तंबुओं में ठहरना; **to go** ~**ing** इस प्रकार छुट्टी बिताना

campaign कैम्पेन *n* & *vi* 1 (क्षेत्र-विशेष में की जाने वाली) सैनिक कार्यवाहियां, लड़ाई, अभियान, मुहिम, 2 उद्देश्य-विशेष से की जाने वाली कार्यवाहियां, अभियान, आंदोलन, प्रचार [a religious, political, ~]; *vi* 1 युद्ध, या अभियान में भाग लेना, 2 आंदोलन या प्रचार करना

camphor कैम्फ़र *n* सफ़ेद रंग का सुगंधित द्रव्य, कपूर

campus कैम्पस *n* 1 कालेज या विश्वविद्यालय का अहाता, 2 विश्वविद्यालय

can[1] कैन *n* & *vt* (-nn-) पीपा, कनस्तर, टीन, कुप्पा, डिब्बा [milk-~]; *vt* 1 डिब्बे आदि में रखना, 2 (फल आदि को सुरक्षित रखने के लिये) डिब्बा-बन्द करना; ~**nery** *n* डिब्बा-बन्द करने का कारखाना

can[2] *v. aux* (*neg.* **cannot,** *colloq* **can't**; *pt* **could**) 1 (सामर्थ्य या योग्यता का सूचक) सकना, कर सकना [He ~ lift the box], 2 (अधिकार सूचक) [He ~ enter the office], 3 (अनुमति-सूचक) [you ~ go], 4 करना जानना He ~ drive वह गाड़ी चलाना जानता है, 5 (प्रवृत्तिसूचक) Could you please ring ? क्या आप घंटी बजाने का कष्ट करेंगे ? कृपया घंटी बजा दीजिये

canal कनैल *n* 1 नहर, कुल्या; ~ **outlet** मोघा, 2 (प्राणियों में) हवा या खुराक की नाली, नलिका [the alimentary ~]; ~**ize** *vt* 1 (नदी को) नहर का रूप देना, 2 (प्रदेश में) नहर या नहरें बनाना, 3 *fig* अभीष्ट दिशा में ले जाना, सरणीबद्ध करना, ढर्रे पर लाना [to ~ize the energies of the youth]

canard कैनार्ड, कनार्ड *n* 1 झूठी ख़बर, बेपर की बात, 2 झांसा, चकमा

canary कनेॅअरि *n* पीले पंखों वाली गायक चिड़िया

cancel कैन्सल *vt* & *i* (-ll-) 1 मंसूख करना, रद्द करना, निरसन करना [to ~ a meeting, an order], 2 (शब्द पर रेखा खींच कर) काट देना, 3 (डाकखाने की मुहर लगा कर टिकट को) काट देना, 4 *vi* to ~ (out) एक-दूसरे को काट देना [The arguments ~ out]; ~**lation** *n* मंसूखी, निरसन

cancer कैन्सर *n* 1 भयंकर (और प्रायः घातक) फोड़ा, नासूर, नालीव्रण, कैंसर, 2 *fig* (घूस आदि जैसी) भयङ्कर बुराई, घुन, 3 कर्क (राशि); **Tropic of C**~ कर्करेखा; ~**ous** *a* कैंसर-जैसा; कैंसर-ग्रस्त

candelabrum कैन्डिलाब्रम *n* (बत्तियां रखने के लिए) झाड़

candescent कैन्डेॅसन्ट *a* बहुत गरम होने से श्वेत होकर चमकने वाला, तापश्वेत; **candescence** *n* तापश्वेतिमा

candid कैन्डिड *a* अपने विचार स्पष्ट कहने वाला, स्पष्टवक्ता, स्पष्ट, ~**ness** *n* स्पष्टवादिता

candidacy कैन्डिडसि *n*=candidature

candidate कैन्डिडेट *n* 1 (चुनाव, नौकरी आदि का) उम्मीदवार, प्रत्याशी, प्रार्थी, 2 परीक्षार्थी, उम्मीदवार; **candidature** *n* उम्मीदवारी, प्रत्याशिता

candle कैन्डल *n* 1 मोमबत्ती; **the game is not worth the** ~ (भावः—खेल से इतना लाभ नहीं होगा जितने की बत्ती जल जायेगी) वस्तु को पाने के

लिए जितना खर्च या कष्ट उठाना पड़ेगा उतना उससे लाभ नहीं होगा, यह घाटे का सौदा है, 2 **∼-power** प्रकाश की इकाई, कैन्डल-शक्ति; **∼stick** शमादान, बत्तीदान

Candlemas *n* ईसाई उत्सव-विशेष (2 फ़रवरी)

candour कैन्डर *n* **1** स्पष्टवादिता, **2** निष्कपटता, साफ़दिली, ईमानदारी

candy कैन्डि *n* & *vt* **1** (also **sugar-∼**) मिसरी, **2** *vt* खांड चढ़ाना, पागना

cane केन *n* & *vt* **1** बेंत, **2** छड़ी, डंडा, **3** (also **sugar-∼**) गन्ना, ईख, **4** **∼-sugar** गन्ने की खाँड, शक्कर; *vt* **1** बेंत मारना या लगाना, **2** (कुर्सी आदि) बेंत से बुनना

canine कैनाइन *a* **1** कुत्ते का, कुत्ते-जैसा, **2** **∼ tooth** भेदक दान्त (*i.e.* काटने वाले और चबाने वाले दान्तों के बीच के चार दान्त—दो ऊपर के और दो नीचे के)

canister कैनिस्टर *n* कनस्तर

canker कैङ्कर *n* **1** मुंह में व्रण पैदा करने वाला रोग, व्रण, **2** पेड़ों की लकड़ी को खा जाने वाला रोग, **3** *fig* घुन (की तरह क्षयकारी प्रवृत्ति), अभिशाप, लानत [casteism is the ∼ of Hindu society]

canna कैन: *n* केले से मिलता-जुलता परन्तु छोटा फूलदार पौधा, कैना

cannabis कैन-बिस *n* (also called hashish and marijuana) भांग (का पौधा), गांजा

cannel कैनल *n* (also **∼ coal**) पत्थर का कच्चा कोयला

cannibal कैनिबल *n* **1** मनुष्य का मांस खाने वाला मनुष्य, आदमख़ोर, **2** अपनी ही जाति को खाने वाला जन्तु, स्वजातिभक्षी; **∼ism** *n* **1** नरभक्षण, **2** स्वजातिभक्षण

cannon[1] कैनन *n* **1** (ज़मीन या तोपगाड़ी पर लगी) तोप, **2** (विमान की) तोप; **∼-fodder** युद्ध की सामग्री-रूप मनुष्य, युद्ध देवता का आहार, युद्ध-बलि; **∼ade** *n* & *vt* तोपों से लगातार गोलाबारी (करना)

cannon[2] *n* (billiards) खिलाड़ी की गेंद की क्रमशः दो गेंदों से टक्कर; *vi* टकराना; टक्कर खाना

canny कैनि *a* **1** चालाक, काँइयाँ, घाघ, धूर्त, **2** सजग, सतर्क, सावधान, **3** (esp of Scots) मितव्ययी

canoe क-नू *n* & *vi* **1** डोंगी (खेना), **2** **to paddle one's own ∼** किसी की सहायता के बिना काम करना

canon कैनन *n* **1** धार्मिक व्यवस्था, फ़तवा; **∼ law** पोप या पादरियों के फ़तवों पर आधारित कानून, गिरजे का कानून, **2** (वस्तु के) मूल्यांकन का नियम, कसौटी [the ∼s of good conduct], **3** प्रामाणिक धर्मग्रन्थों की सूची, **4** ईसाई सन्तों की सूची, **5** वर्ग विशेष का पादरी, उच्च पादरी; **∼ical** *a* **1** धार्मिक कानून द्वारा नियत, विहित, **2** प्रामाणिक धर्मग्रन्थों की सूची के अन्तर्गत, प्रामाणिक [∼ical books]; आधिकारिक; **∼ize** *vt* **1** सन्तों के अन्तर्गत मानना, सन्त मानना, **2** ईसाई-धर्मसम्मत मानना; चर्च द्वारा मान्यता देना

canopy कैन-पि *n* & *vt* **1** (सिंहासन, पलंग या व्यक्ति के ऊपर ताना गया) चँदोवा, **2** किसी प्रकार की छाजन, सायबान, छत्र, छतरी [a ∼ of leaves], वितान [the ∼ of the heavens], **3** (of building) छज्जे की तरह बाहर को निकला हुआ भाग, कनोपी

canorous कनॉरस *a* मधुर, सुरीला

cant[1] कैन्ट *n* **1** (usu *derog*) वर्ग-विशेष या व्यवसाय-विशेष की अपनी बोली, ख़ास बोली, **2** दिखावे की बातें, दिखावा, पाखंड, मिथ्याचार

cant[2] *n*, *vt* & *i* ढलान, ढाल, प्रवणता; *vt* & *i* तिरछा या ढालू करना या होना

cantankerous कैन्टैङ्करस *a* झगड़ालू, कलहप्रिय, बदमिज़ाज; **∼ness** *n* झगड़ालू स्वभाव

canteen कैन्टीन *n* **1** (दफ़्तर आदि में) जलपानगृह, कैंटीन, **2** (छावनी में) रसद एवं आवश्यक सामग्री की दुकान

canter कैन्टर *n* & *vi* & *t* (घोड़े की) दुलकी चाल; *vi* & *t* दुलकी चाल चलना या चलाना

canticle कैन्टिकल *n* छोटा गीत, (ईसाइयों का) प्रार्थनागीत, भजन

cantilever कैन्टिलीवर *n* (छज्जे को सहारा देने के लिये) दीवार से काफ़ी दूर तक निकला हुआ शहतीर या गर्डर या ब्रैकट, कैन्टीलीवर, **∼ bridge** कैन्टीलीवर पुल

canto कैन्टो *n* बृहत्काव्य का खंड, सर्ग, काण्ड, स्कन्ध

canton कैन्टन *n* देश का (वि० स्विट्ज़रलैंड का) खंड, प्रदेश, राज्य

cantonment कैन्टून्मन्ट *n* छावनी, शिविर

canvas कैन्वस *n* **1** (तंबू, पाल आदि के लिए) मोटा कपड़ा, किरमिच, तिरपाल, कैन्वस, **2** **under ∼** (*mil*) तंबुओं में; (of ship) पाल फैलाये हुए

canvass कैन्वस *vt* & *i* & *n* **1** (मतदाताओं से) वोट मांगना; के पक्ष में प्रचार करना [to ∼ for s.o.], **2** खूब सोच-विचार या वाद-विवाद करना [to ∼ an affair], **3** (किसी प्रश्न पर लोगों के) मत या राय का पता लगाना, **4** बिक्री के लिये प्रचार करना, गाहक बनाना; *n* वोट मांगने का काम या प्रचार

canyon कैन्यन *n* (प्राय: बहते पानी वाली) गहरी घाटी, गहरी खड्ड

caoutchouc काउचुक *n* रबड़

cap कैप *n* & *vt* (-pp-) **1** टोपी; **if the ∼ fits, wear it** अगर यह बात तुम्हारे पर घटती है, तो हां कर दो; **∼ in hand** नम्रतापूर्वक, **2** (of woman) **to set one's ∼ at a man** किसी पुरुष पर डोरे डालना, **3** टीम के सदस्यों की टोपी; सदस्यता का सम्मान, **4** डाट, ढक्कन, ढकना; (तोप

की) टोपी; *vt* 1 टोपी पहनाना, 2 (खिलाड़ी को) टीम का सदस्य बनाना, (उत्तीर्ण उम्मीदवार को) डिग्री प्रदान करना, 3 से बढ़ कर होना; **to ~ an anecdote, a joke, etc** पहली कहानी आदि से बढ़िया कहानी सुनाना, 4 **to ~ verses** अन्त्याक्षरी का खेल खेलना, 5 के ऊपर या शिखर पर होना

capability केप-बिलिटि *n* 1 योग्यता, लियाकत, 2 सामर्थ्य, शक्ति

capable केप-बल *a* 1 योग्य, लायक, काबिल [He is a ~ doctor], 2 **~ of** समर्थ, शक्त, (अच्छा या बुरा काम) कर सकने वाला [He is (not) ~ of such mischief], 3 हो सकने वाला, होने लायक [The situation is ~ of much improvement]

capacious कपेशस *a* 1 लंबा-चौड़ा, विशाल, खुला, 2 जिसमें बहुत जगह हो, बड़ी गुंजाइश वाला

capacitate कपॅसिटेट *vt* 1 समर्थ बनाना, सामर्थ्य प्रदान करना [to ~ s.o. **for, to do,** sth], 2 कानूनी अधिकार देना

capacity कपॅसिटि *n* 1 गुंजाइश, समाई, जगह; seating ~ कुल जगहों की संख्या, House filled **to** ~ खचाखच भरा हुआ थियेटर या हाल, 2 योग्यता, सामर्थ्य, क्षमता [working **to** ~], 3 हैसियत, in my ~ as a judge जज की हैसियत से, जज के रूप में, 4 कानूनी अधिकार

cap-a-pie कॅप-पी *adv* (*arch*) सिर से पैर तक, आपादमस्तक [armed ~]

caparison कपॅरिसन *n* (usu in *pl*) & *vt* 1 (घोड़े, हाथी आदि का) झूल, साज, 2 साज-सामान, सज्जा; *vt* (घोड़े पर) झूल डालना

cape^{1} केप *n* बिना बाहों का छोटा चोगा, केप

cape^{2} *n* धरती का समुद्र में दूर तक गया हुआ भाग, अन्तरीप, रास

caper^{1} केपर *n* & *vi* 1 उछाल, कुदान, कूद-फांद **to cut a ~; to cut ~s** उछलना, कूद-फांद करना, 2 अनोखा या मूर्खतापूर्ण काम; *vi* कूद-फांद करना, उछल-कूद करना,

caper^{2} केपर *n* एक कांटेदार झाड़ी

capillary क-पिलरि *a* & *n* बाल-जैसा बारीक, केशिकीय; *n* बाल-जैसी बारीक नाली या शिरा, केशिका; **capillarity** *n* केशिका की भांति आकर्षण या विकर्षण करने का गुण, केशिकात्व

capital^{1} कैपिटल *n* खंभे की चोटी या सिरा, स्तम्भशीर्ष [the Ashokan ~]

capital^{2} *n* 1 राजधानी, मुख्य नगर, 2 मूल, मूलधन; पूंजी, सरमाया; **authorized ~** अधिकृत पूंजी, **circulating ~** (=floating ~) माल अथवा धन जो एक व्यक्ति से दूसरे के पास जाता रहता है, (प्र)चल-पूंजी; **fixed ~**(इमारत, मशीनें आदि) अचल या स्थावर संपत्ति; **working ~** (व्यापार में लगी) कार्यशील पूंजी, 3 **~ account** व्यापार में लगी पूंजी का खाता या लेखा; पूंजी-खाता, पूंजी-लेखा; **~ equipment** उत्पादन का साधनभूत सामान जैसे मशीनें आदि; उत्पादक साज-सामान, उत्पादक उपस्कर, **~ expenditure** इमारत या मशीनों आदि पर होने वाला खर्च; पूंजीगत-व्यय, **~ goods** मशीनें (जो उपभोग-सामग्री के उत्पादन में सहायक हों), पूंजीगत माल (opp. consumer goods), 4 **to make ~ out of sth** से (प्रायः अनुचित) लाभ उठाना [Unscrupulous traders try to make ~ out of shortage of goods]

capital^{3} *a* 1 मृत्युदण्ड देने योग्य, मृत्यु का, **~ sentence, punishment** मृत्युदण्ड, प्राणदण्ड; **~ offence** मृत्युदण्ड देने योग्य अपराध, 2 बड़ा, मुख्य, प्रधान [~ city]; ~ letter बड़ा अक्षर, *e.g.* A, B, C; 3 *colloq* महत्त्वपूर्ण, बहुत बढ़िया; **That's ~** खूब ! **That's a ~ idea** बहुत अच्छी बात है

capitalism कैपिटलिज्म *n* पूंजीवाद, सरमायादारी; **capitalist** कैपिटलिस्ट *n* 1 पूंजीवादी, 2 पूंजीपति, सरमायादार; **capitalistic** *a* पूंजीवाद पर आधारित, पूंजीवादी

capitalize कैपिटलाइज *vt* & *i* 1 पूंजी में परिवर्तित करना, पूंजी के रूप में बरतना, 2 (आय का) वर्तमान मूल्य आंकना या वसूल करना, 3 *vi* to **~ on** से लाभ उठाना [The boss will ~ on the failure of the strike]; **capitalization** *n* पूंजीकरण

capitation कैपिटेशन *n* प्रति व्यक्ति कर या शुल्क (लगाना); **~ grant** प्रतिव्यक्ति अनुदान

Capitol *n* कैपिटल 1 प्राचीन रोम में जूपिटर का मन्दिर, 2 (U.S.) संसद् भवन; विधानसभा-भवन

capitulate कपिट्युलेट *vi* (किसी शर्त पर) हथियार डालना या आत्मसमर्पण करना; **capitulation** कपिट्युलेशन *n* 1 सशर्त आत्मसमर्पण, 2 आत्मसमर्पण का शर्तनामा; सन्धिपत्र, 3 विषय के मुख्य विभागों या शीर्षकों की सूची

caponier कैप-नियर *n* किले की खाई को पार करने का छतदार पुल

capote कपोट *n* (सिपाहियों, यात्रियों आदि का) टोपीदार या हुडवाला लबादा

caprice कप्रीस *n* 1 बिना कारण ही इरादा बदल लेना, बिना कारण कुछ का कुछ करने लग जाना, मन की मौज, तरंग, 2 ऐसी प्रवृत्ति, चंचलता, चपलता; **capricious** कप्रिशस *a* मनमौजी, अस्थिरचित्त, चंचलस्वभाव; **capriciousness** मनमौजीपन; स्वभाव की चंचलता

Capricorn कैप्रिकॉर्न *n* 1 मकर (राशि), 2 **Tropic of ~** मकर-रेखा

caprine कैप्राइन *a* बकरे का, बकरे-जैसा

capriole कैप्रिओल *n* & *vi* 1 उछल-कूद या कूद-फांद (करना), छलांग (मारना), 2(घोड़े का) आगे बढ़े बिना ऊंचा उछलना और दुलत्ती मारना

capsicum कैप्सिकम *n* बड़ी लाल मिर्च, पहाड़ी मिर्च

capsize कैप्साइज़ *vi* & *t* (of boat etc) उलटना; उलट जाना; *vt* उलटा देना

capstan कैप्स्टन *n* जहाज़ के रस्सों को लपेटने की ढोल-जैसी चर्खी, ढोलचर्खी

capsule कैप्स्यूल *n* 1 दवा भरने का लघु खोल, कैप्सूल, 2 *bot* बीजकोष, 3 *phys* झिल्लीदार थैली, 4 बोतल का ढक्कन, 5 अन्तरिक्षयान का पृथक् होकर यात्रा कर सकने वाला भाग जिसमें मनुष्य या जन्तु या यन्त्र रखे जाते हैं, कैप्सूल

captain कैप्टिन *n* & *vt* 1 नेता, नायक, सरदार; कप्तान [~ of a team], 2 व्यापारी जहाज़ का सर्वोच्च अधिकारी, कप्तान, 3 (in army) कैप्टन; (in navy) (i) युद्धपोत का नायक; (ii) रियर-एड्मिरल से छोटा और कमाँडर से बड़ा अफ़सर, कैप्टन; **~cy**, **~ship** *nn* नायकत्व, नेतृत्व; **captain** *vt* का नेतृत्व करना, (टीम का) कप्तान होना

caption कैप्शन *n* & *vt* 1 *law* दस्तावेज़ पर लिखा हुआ या उसके साथ टाँका हुआ प्रमाणपत्र, 2 (अध्याय, लेख, चित्र, फ़िल्म आदि का) शीर्षक; *vt* शीर्षक देना

captious कैप्शस *a* (प्रायः मामूली-सी बात पर) आपत्ति करने वाला, छिद्रान्वेषी, हुज्जती

captivate कैप्टिवेट *vt* मन्त्रमुग्ध करना, मोह लेना; **captivating** *a* मनोहर; **captivation** *n* विमोहन

captive कैप्टिव *n* & *a* पकड़ा हुआ आदमी या पशु; बन्दी, कैदी, युद्धबन्दी; **to be taken ~** बन्दी बनाया जाना; *a* बन्दी-जैसा, बन्दीवत्, **~ state** बन्दी अवस्था, ~ audience दर्शकमंडली जो स्थान छोड़ कर जा न सके, देखने-सुनने पर बाध्य दर्शकमंडली; मन्त्रमुग्ध प्रेक्षक; **captivity** कैप्टिविटि *n* कैद, बन्दी-अवस्था, हिरासत

captor कैप्टर *n* 1 बन्दी बनाने वाला, बन्दीकर्ता, 2 इनाम जीतने वाला, विजेता

capture कैप्चर *vt* & *n* 1 पकड़ लेना, बन्दी बनाना [to ~ a thief etc], 2 (बल या छल से) कब्ज़ा कर लेना, अधिकार कर लेना [to ~ a fort etc], 3 (वस्तु को) हथियाना; *n* 1 बन्दीकरण, 2 बन्दी (किया हुआ व्यक्ति), 3 कब्जे में किया हुआ माल, लूट का माल

car कार *n* 1 मोटरकार, गाड़ी, 2 रेल का डिब्बा [dining-~], 3 *poet* रथ [~ of the sun-god], 4 **~man** मोटरगाड़ी का ड्राइवर, मोटरचालक

carabine कैर-बाइन *n* छोटी बन्दूक; **~er** कैर-बिनीयर *hist* बन्दूकधारी सिपाही

carafe करैफ़ *n* (मेज़ पर शराब या पानी रखने के लिए) शीशे की बोतल, सुराही

caramel कैर-मल *n* 1 (मदिरा को रंग देने के लिए) भुनी हुई चीनी, 2 एक प्रकार की मिठाई

carapace कैर-पेस *n* कछुए आदि की पीठ की कड़ी खाल, पृष्ठचर्म , पृष्ठवर्म

carat कैरट *n* सोने की शुद्धता (शुद्ध सोना २४ कैरट होता है) और रत्नों की तौल की इकाई, कैरट

caravan कैर-वैन *n* & *vi* 1 यात्रियों या व्यापारियों का दल, काफ़िला, कारवाँ, 2 घर-जैसी गाड़ी, चलता-फिरता घर, 3 बंद गाड़ी; *vi* 1 काफ़िले के साथ यात्रा करना, 2 बन्द गाड़ी में रहना या छुट्टी बिताना; **~serai** *n* काफ़िलों के ठहरने की सराय

caravel कैर-वेॅल *n* (*hist*) छोटा जहाज़

caraway कैर-वे *u* अजवायन, अजमोद

carbine *n* = carabine

carbohydrate कार्ब-हाइड्रेट *n* कार्बन तथा आक्सीजन और हाइड्रोजन का यौगिक (*e.g.* sugar, starch, etc); कार्बोहाइड्रेट

carbolic acid कारबॉलिक ऐसिड *n* पीपरोधी और रोगाणुनाशक रसायन, कार्बोलिक अम्ल

carbon कॉर्बन *n* 1 रासायनिक तत्त्व जो शुद्ध रूप में हीरे में और अशुद्ध रूप में कोयले तथा वनस्पतियों में होता है, कार्बन, 2 (also **~-paper**) टाइप करने तथा नकल तैयार करने में प्रयुक्त रंगदार काग़ज़, कार्बन-पेपर; **~-copy** कार्बन-पेपर से तैयार की गई नकल; *fig* हूबहू नकल; **~aceous** कॉरबनेशस *a* कोयले का, कोयले-जैसा; कार्बनमय, कार्बनी; **~ic** कॉर्बॉनिक *a* कार्बन का, कार्बनिक; **~iferous** कॉर्ब-निफ़रस *a* (धरती की परत) जिसमें पत्थर का कोयला हो; **~ize** *vt* 1 कार्बन में परिवर्तित करना, 2 (जला कर) कोयला बना देना, 3 पर कार्बन लगाना [to ~ize paper etc]

carbuncle कार्बङ्कल *n* 1 लाल रंग का रत्न, पद्मरागमणि, 2 जहरीला फोड़ा, कार्बङ्कल

carburet कार्ब्युरेॅट *vt* (-tt-) कार्बनयुक्त करना

carburettor कार्ब्युरेटर् *n* पैट्रोल-वाष्प को हवा से मिश्रित करके ज्वलनशील बनाने का उपकरण

carcass, -ase कार्कस *n* 1 (पशु-पक्षी का) शव (वि० जिसे गोश्त बनाने के लिए काटा जाये), **~ meat** ताजा (न कि डिब्बा-बन्द) गोश्त, 2 *derog* मानवदेह, लोथ, 3 (जहाज़, मकान आदि का) ढांचा-मात्र, पंजर

card^{1} कार्ड *n* & *vt* ऊन साफ़ करने का कंघा; *vt* कंघे से ऊन साफ़ करना, तूमना, धुनना, पींजना, **~ing machine** पिंजन-यन्त्र

card^{2} *n* 1 पत्र, कार्ड, पत्रक, **visiting ~** मुलाकाती कार्ड, 2 (ताश का) पत्ता; **house of ~s** ताश का घर, क्षणभंगुर वस्तु; **doubtful ~** ऐसा उपाय जिसकी सफलता में सन्देह हो; **sure ~** जीतने वाला पत्ता; *fig* अचूक उपाय; **to have a ~ up one's sleeve** अपने पास एक और उपाय होना (जो अभी बरता न गया हो); **to play one's ~s well** सोच-समझ कर चाल चलना, चतुराई से काम करना, 3 **to put one's ~s on the table** अपने इरादे या तदबीरें जाहिर कर देना; **to show one's ~s** पत्ते दिखा देना; *fig* अपना इरादा या सोची हुई तदबीर प्रकट कर देना; **to throw up**

one's ~s सोचा हुआ उपाय न बरतने का फ़ैसला करना; **it is on the ~s (that...)** यह संभव है (कि...), 3 *comb:* **~board** गत्ता, दफ़्ती; **~-sharper** ताश के खेल में बेईमानी करने वाला, पत्तेबाज

cardamom कार्ड-मम *n* इलायची

cardiac कार्डिऐक *a* & *n* हृदय का, ~ symptoms हृद्रोग के लक्षण; *n* हृद्रोगग्रस्त व्यक्ति

cardigan कार्डिगन *n* बुनी हुई ऊनी वास्कट या जाकेट, कार्डिगन

cardinal कार्डिनल *a* & *n* 1 मूलभूत, आधारभूत, बुनियादी, मुख्य; **the ~ virtues** सदाचार के मूलभूत सद्गुण *i.e.* justice, prudence, temperance & fortitude; **~ numbers** गणनसंख्याएं *i.e.* 1, 2, 3 etc (न कि पहला, दूसरा, तीसरा आदि); **~ points** (of compass) प्रधान दिग्बिन्दु; चार मुख्य दिशाएं *i.e.* पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण; *n* 1 पोप का चुनाव करने वाले मुख्य पादरियों में से एक, कार्डिनल, 2 शोख़ लाल रंग, 3 लाल रंग की छोटी चिड़िया

care^1 कें'अर *n* 1 चिन्ता, सोच, फ़िक्र, 2 ध्यान, ख्याल, चौकसी, सावधानी, **to take ~, to have a ~** ध्यान रहना, सतर्क रहना, सावधानी बरतना; **to take ~ of** का ख्याल रखना [Take ~ of your health]; *colloq* (i) निपटाना [I'll take ~ of that job], (ii) से यथायोग्य व्यवहार करना, से निपटना, मारना [He'll take ~ of any intruder], 3 काम, ज़िम्मेवारी [That shall be my ~], 4 मारफ़त [Write to me ~ of the Principal], 5 *comb:* **~free** निश्चिन्त; **~-taker** रखवाला, मालिक की अनुपस्थिति में मकान की देखभाल करने वाला; *attrib:* **~-taker Govt.** कार्यनिर्वाहक या कामचलाऊ सरकार; **careful** *a* 1 ध्यान रखने वाला, परवाह करने वाला, 2 सतर्क, सचेत, सावधान, 3 सोच-समझ कर किया हुआ [a ~-ful answer]; **~fully** सोच-समझ कर, सावधानी से; **~less** *a* 1 लापरवाह, बेपरवाह, 2 असावधान, 3 बिना सोचे-समझे किया हुआ, अटकलपच्चू

care^2 *vi* 1 परवाह करना, ख्याल करना या रखना, दिलचस्पी लेना [He doesn't ~ **for, about,** anything], 2 देखभाल करना, खुराक आदि देना, सेवा-शुश्रूषा करना [to ~ **for** the children, invalids, etc], 3 **to ~ for s.o.** से स्नेह या प्रेम होना, की परवाह करना [He doesn't ~ for her], 4 इच्छा या रुचि होना [Would you ~ for a cup of tea ?], 5 राजी या तैयार होना, रुचि होना, चाहना, If you ~ to come यदि तुम आना चाहो तो; I couldn't ~ less (*colloq*) मुझे बिल्कुल परवाह या इच्छा या रुचि नहीं है

careen करीन *vt* & *i* 1 (सफ़ाई आदि के लिए जहाज को) एक ओर झुकाना, 2 *vi* एक ओर झुकना

career क-रियर *n* & *vi* 1 (प्रगति की दृष्टि से) कार्यकाल या जीवनकाल, जीवन, student ~ विद्यार्थीजीवन, 2 पेशा, व्यवसाय, आजीविका, वृत्ति; **~ diplomat** व्यक्ति जो अपनी नौकरी के नाते राजनयिक पद पर हो, वृत्तिक राजनयिक, वृत्तिराजनयिक, **~ woman** वृत्तिजीवी नारी, 3 चाल, गति, वेग, रफ़्तार, **in full ~** पूरे वेग से, 4 मार्ग, रास्ता [to stop s.o. in mid ~]; *vi* तेज़ी से चलना या आगे बढ़ना [**to ~ about, along, through**]; **~ist** *n* व्यक्ति जिसका मुख्य उद्देश्य अपने काम या व्यवसाय में प्रगति करना हो, अपनी उन्नति या हित का ख्याल रखनेवाला, स्वार्थपरायण व्यक्ति

caress क-रेँस *n* & *vt* लाड़-प्यार, पुचकार, चुंबन; *vt* लाड़-प्यार करना, पुचकारना, चूमना, गले लगाना

caret कैरेँट *n* छूटे हुए शब्द का स्थानसूचक चिन्ह (∧), काकपद, कैरिट

cargo कार्‌गो *n* (*pl* **~es**) (नाव, जहाज, विमान का) माल; *attrib:* **~ ship** मालवाहक जहाज

caribou कैरिबू *n* (*pl* same) उत्तरी अमरीका का रेंडियर

caricature कैरि-कचुअर *n* & *vt* व्यक्ति या वस्तु का हास्यजनक चित्र या वर्णन जिसमें उसकी कुछ विशेषताएं बढ़ा-चढ़ा कर प्रस्तुत की जायें, विरूप-चित्र, व्यंग्यचित्र, व्यंग्यवर्णन; घटिया नकल विद्रूप; *vt* व्यंग्यचित्र बनाना, व्यंग्यवर्णन करना; **caricaturist** *n* व्यंग्यचित्रकार, व्यंग्यलेखक

caries केँअरीज़ *n* (*pl* same) (हड्डियों या दान्तों का) गलना या क्षीण होना, अस्थिक्षय; **carious** केँअरियस *a* (of bone, tooth) गला हुआ

carking कार्‌किङ्ग *a* (*arch*) **~ care** घोर चिन्ता

carminative कार्मिन-टिव *a* & *n* बादी को दूर करने वाली (दवा), वातहर

carmine कार्‌माइन *n* & *a* शोख़ लाल रंग (का)

carnal कार्नल *a* 1 शारीरिक, दैहिक, 2 इन्द्रियसुखसंबंधी, विषयसुखसंबंधी, मैथुनसंबंधी, **~ desire** विषयेच्छा, संभोगेच्छा; (*law*) **to have ~ knowledge of** से संभोग या मैथुन करना, 3 सांसारिक, ऐहिक (न कि आध्यात्मिक); **~ity** कार्‌नैलिटि *n* इन्द्रियलोलुपता, विषयासक्ति

carnation^1 कार्‌नेशन *n* & *a* गुलाबी रंग (का), गुलाबी

carnation^2 *n* गुलाबी तथा सफ़ेद फूलों वाला पौधा; इसका फूल

carnival कार्निवल *n* 1 रोमन-कैथलिक देशों में ईस्टर से पूर्व होने वाला उत्सव; उत्सव के दिन, 2 आनन्दोत्सव, महोत्सव, मेला [sports ~]; रंगरलियां, 3 चलता-फिरता सर्कस (जिसमें मनोरंजन के अन्य कार्यक्रम भी होते हैं), कार्निवल

carnivora कार्-निवर: *n* मांसभक्षी गण (*i.e.* cats, dogs, foxes, bears, seals, etc); **carnivore** कार्‌निवॉर *n* मांसभक्षी (पशु अथवा वनस्पति);

carnivorous कार्-निवरस *a* मांसभक्षी, मांसाहारी

carol कैरल *n* & *vt* & *i* 1 आनन्दगान, खुशी का गीत, स्तुतिगान, वि० क्रिसमस का गीत या भजन [Christmas ~], 2 *vt* & *i* खुशी के गीत गाना, क्रिसमस के गीत गाना

carom कैरम *vi* & *n* (billiards) खिलाड़ी की गेन्द का क्रमशः दो गेन्दों से टकराना; *n* ऐसी टक्कर

carotene कैर-टीन *n* गाजर आदि में विद्यमान गुलाबी तत्व जिसमें विटामिन-ए पाया जाता है, कैरोटीन

carotid करॉटिड *n* & *a* सिर को रक्त पहुंचाने वाली दो बड़ी धमनियों में से एक, ग्रीवा की बड़ी धमनी; ग्रीवा-धमनी; *a* ग्रीवा-धमनी का (निकटवर्ती)

carouse कराउज़ *vi* डट कर शराब पीना, अति मद्यपान करके आनन्द मनाना (और शोर मचाना); **carousal** कराउज़ल *n* मद्यपानोत्सव

carp^1 कार्प^2 *n* (*pl* same) (नदी या तालाब की) मछली

carp^2 *vi* 1 दोष निकालना, छिद्रान्वेषण करना, छोटी-छोटी बात की शिकायत करना [She is ~ing at her husband], 2 **~ing tongue** बड़-बड़ करने वाली ज़बान; **~ing criticism** छिद्रान्वेषी या कटु आलोचना

carpenter कार्पिन्टर *n* & *vi* & *t* 1 बढ़ई, तरखान; **~ ant** *or* **bee** पेड़ों में छेद करने वाली चींटी अथवा मधुमक्खी, 2 *vi* बढ़ई का काम करना, लकड़ी का काम करना, 3 *vt* इस प्रकार (कोई चीज़) बनाना; **carpentry** *n* बढ़ई का काम, बढ़ईगीरी

carpet कार्पिट *n* & *vt* 1 गलीचा, कालीन, दरी; **on the ~** (i) विचाराधीन, (ii) जिसकी भर्त्संना की जा रही हो; **~-bag** यात्रा का थैला; **~-bagger** चुनाव का उम्मीदवार या राजनीतिक आन्दोलनकर्ता जो स्थानीय न हो; **~-knight** घर-बैठा सूरमा (जो कभी युद्ध में न गया हो); स्त्रियों को रिझाने वाला; *vt* 1 गलीचा या दरी बिछाना; इस प्रकार ढक देना, 2 *colloq* डाँटना, झिड़कना

carphology कार्फ़ॉल-जि *n* उन्माद में बिस्तर के कपड़ों को उलट-पलट करना

carpus कार्पस *n* कलाई; मणिबन्ध

carriage कैरिज *n* 1 घोड़ा-गाड़ी, बग्घी, 2 रेल का (यात्री-)डिब्बा, 3 **gun-~** तोपगाड़ी, 4 परिवहन, परिवहन का भाड़ा, ढुलाई; **~-free** निःशुल्क परिवहन, 5 चलने या खड़े होने का ढंग, ठवन, चाल-ढाल [She has a graceful ~], 6 **~-drive** गाड़ियों के चलने की सड़क (या सड़क का भाग); **~able** *a* (of road) गाड़ियों के चलने लायक

carrier कैरियर *n* 1 माल ढोने वाला (व्यक्ति या कंपनी), मालवाहक, 2 (साइकिल, कार आदि का) कैरियर, 3 रोगाणुवाहक (मनुष्य या पशु आदि), 4 (विमान, सैनिक, टैंक आदि) ढोने वाला जहाज़, वाहक पोत, 5 = **aircraft-~** (see air^1 7)

carrion कैरिअन *n* & *a* 1 गला-सड़ा (और दुर्गन्धयुक्त) मांस; मुरदार, **~ crow** मुरदार खाने वाला कौआ, 2 गन्दगी, कूड़ा-करकट, निकम्मी चीज़; *a* गला-सड़ा, घृणित

carrot कैरट *n* 1 गाजर; ~s (*sl*) सुर्ख़ बाल; सुर्ख़ बालों वाला आदमी, 2 प्रलोभन [**to hold out a ~ to s.o.**]

carry^1 कैरि *vt* & *i* 1 (वाहन में या शरीर पर या हाथ में) उठा कर ले जाना, वहन करना, ढोना; (of stream) बहा ले जाना, (of wind) उड़ा ले जाना, 2 हाथ में या अपने पास रखना [to ~ arms, an umbrella], 3 *idioms:* **to ~ all** (*or* **everything**) **before one** सब विरोध या बाधाओं पर विजय पाना, काम में सफलता प्राप्त करना [Raja Ram Mohan Roy fought for the abolition of Sati and carried all before him]; **to ~ conviction** (किसी की दलील आदि का) दूसरों को ठीक लगना, जंचना, कायल करना [His words ~ conviction]; **to ~ the day** विजयी होना; उद्देश्य में सफल होना; **to ~ a fortress, the enemy's position, etc** किले पर या शत्रु की जगह पर अधिकार कर लेना; **to ~ one's hearers with one** श्रोताओं को कायल कर देना; to ~ one's head high सिर ऊंचा रखना, to ~ matters with a high hand सख़्ती से काम लेना; सख़्ती बरतना; (*Parl*) **to ~ a bill, motion, etc** बिल या प्रस्ताव पारित करना; to ~ a thing too far (*or* to excess) किसी बात की अति कर देना; **to ~ weight** महत्त्व रखना, महत्त्व का होना, वज़न रखना; the loan carries 7% interest ऋण पर सात प्रतिशत ब्याज मिलता है, 4 *vi* (of missile) इतनी दूरी तक मार करना [These guns do not ~ far enough], 5 (with *prepp, advv*) to **~ away** उठा ले जाना, बहा ले जाना; **to be carried away** आवेश में आना, भावावेश के कारण विवेक या आत्मसंयम खो देना, आपे से बाहर हो जाना; to **~ forward, over** (लेखे को) अगले पृष्ठ पर ले जाना; **to ~** (a plan etc) **into effect** कार्यान्वित करना; to **~ off** (इनाम) जीतना; (व्यक्ति को) मार देना, जान ले लेना; **to ~ on (with)** करते रहना, जारी रखना [Carry on with your work]; **to ~ on with s.o.** से अनुचित प्रेम करना, इश्कबाज़ी करना; to **~ out** (सिद्धान्त, आज्ञा आदि का) पालन करना, (योजना आदि) कार्यान्वित करना [it is easier to say than to ~ out]; The police carried out raids on a number of houses पुलिस ने कई घरों पर छापे मारे; to **~ through** कठिनाइयों से निकाल ले जाना [Perseverance carried me through many difficulties]; (काम) पूरा करना,

निष्पादित करना, 6 *comb:* ~-**over** *n* बकाया रकम जो अगले पृष्ठ पर ले जाई जाये, पूर्वावशिष्ट, अवशेष

carry^{2} *n* 1 (तोप की) मार; (गोले की) पहुंच, 2 (U.S.) दो नदियों या झीलों के बीच का स्थल; एक नदी या झील से दूसरी तक नाव ढोने का काम; स्थान जहां पर नाव को ढो कर दूसरी नदी तक पहुंचाना होता है

cart कार्ट *n* & *vt* 1 छकड़ा, गड्डा, गाड़ी, ठेला; **to put the ~ before the horse** क्रम उलट देना; जो काम बाद में करना हो उसे पहले करना; कारण को कार्य समझ लेना, 2 *comb:* ~-**load** जितना गाड़ी में आ सके, गाड़ी-भर, गाड़ी [~-load of bricks]; ~-**road** बैलगाड़ी की सड़क, कच्ची सड़क; *vt* छकड़े पर लाद कर ले जाना; ~**age** *n* ढुलाई (का काम); गाड़ी-भाड़ा, ढुलाई; ~**er** *n* छकड़ा-चालक

carte blanche F कार्ट् ब्लांश *n* (अपने विवेक से काम करने का) पूरा अधिकार या पूरी स्वतन्त्रता

cartel कार्टे`ल *n* 1 (उत्पादन पर नियन्त्रण रखने, कीमतों को स्थिर रखने के लिए) उत्पादकसंघ, निर्मातासंघ, 2 (राजनीतिक दलों का) गंठ-बंधन

Cartesian कार्टीजियन *a* & *n* (फ्रेंच दार्शनिक) देकार्त (Desartes) का अनुयायी

cartilage कार्टिलिज *n* कोमल हड्डी, उपास्थि; **cartilaginous** कार्टि-लैजिनस *a* नरम हड्डी-जैसा, नरम हड्डी वाला [cartilaginous fish]

cartographer कार्टो`ग्रफ़र *n* मानचित्रकार, नक्शानवीस; **cartography** कार्टो`ग्रफ़ि *n* मानचित्र-कला, नक्शानवीसी

cartomancy कार्ट-मैन्सि *n* ताश के पत्तों से ज्योतिष लगाना, ताश-ज्योतिष

carton कार्टन *n* गत्ते का डब्बा

cartoon कार्टून *n* & *vi* & *t* 1 व्यंग्यचित्र, हास्य-चित्र, कार्टून, 2 (सिनेमा की) कार्टून-फ़िल्म; *vi* & *t* (किसी का) कार्टून बनाना; ~**ist** *n* व्यंग्यचित्रकार

cartridge कार्ट्रिज *n* 1 गत्ते या धातु की नली जिसमें बारूद और गोली भरी होती है, कारतूस; **blank ~** जिस में केवल बारूद हो, बिना गोली का कारतूस (जिससे केवल धमाका ही होता है), 2 ~ **paper** एक प्रकार का मोटा कागज़

cartulary कार्ट्युलरि *n* 1 अभिलेख-संग्रह, 2 अभिलेख रखने का स्थान, अभिलेखालय, अभिलेखागार

carve कार्व *vt* 1 काटना, तराशना, पत्थर आदि को काट कर मूर्ति बनाना; पत्थर आदि पर खोद कर मूर्ति बनाना या लेख लिखना, उत्कीर्ण करना, नक्काशी करना, Asoka's edicts have been carved **in** (*or* **on**) stone अशोक के आदेश पत्थरों पर खुदे हुए हैं; this statue has been ~**d out of rock** यह मूर्ति चट्टान को तराश कर बनाई गई है; the temple walls are ~**d with** figures of gods मन्दिर की दीवारों पर देवताओं की मूर्तियां खुदी हुई हैं, 2 *fig* बड़े यत्न से बनाना [**to ~ out a career for oneself**], 3 पके हुए मांस के (काट कर) टुकड़े करना, [to ~ a leg of mutton]; ~**ing** *n* 1 नक्काशी, तक्षकला, 2 तराश कर बनाई हुई मूर्ति या बेल-बूटे; नक्काशी

caryatid कैरि-ऐटिड *n* (*arch*) स्तंभधारी नारी-आकृति , नारीस्तम्भ (cf. telamon)

cascade कैस्केड *n* & *vi* 1 बड़े प्रपात का भाग, छोटा-सा जलप्रपात, झरना, 2 झरने की तरह गिरती हुई चीज़, 3 लहरदार झालर; *vi* झरने की भांति गिरना

case^{1} केस *n* 1 उदाहरण, मिसाल, **a ~ in point** उपयुक्त उदाहरण, 2 स्थिति, वस्तुस्थिति, बात; अवस्था, हालत; that is the ~ यही बात है; that is not the ~ यह बात नहीं है, ऐसा नहीं है, यह सच नहीं है; **it is a hard ~** वह बड़ी मुसीबत में है, उसके साथ अन्याय हुआ है, 3 रोगी [There are 10 cases of malaria]; रोगी की हालत; बीमारी (का फूट पड़ना) [There has been no ~ of smallpox], 4 *law* मामला, मुकदमा, अभियोग, 5 एक पक्ष द्वारा प्रस्तुत दलीलें, पक्ष, वाद, that is our ~ यह है हमारा पक्ष; **to make out one's ~** अपनी बात या अपना पक्ष सत्य प्रमाणित करना ; **to make out a ~ (for)** के पक्ष में तर्क प्रस्तुत करना, की आवश्यकता प्रमाणित करना [We have made out a ~ for opening a hospital etc]; you have no ~ आप की दलीलें जंचती नहीं हैं, आप की बात बनती नहीं है, 6 a ~ of conscience ऐसा मामला जिसमें व्यक्ति अपने अन्तःकरण की प्रेरणा के अनुसार निर्णय करता है; **as a special ~** खास रियायत के तौर पर, ख़ास लिहाज़ करते हुए, 7 **(just) in ~** यदि; यदि ऐसा हो; **in ~ of** ऐसी हालत में, ऐसा होने पर [In ~ of fire, ring 101]; **in the ~ of** के विषय में, के संबंध में [in the ~ of Jones, an exception has been made]; **in any ~** हरसूरत में, बहरहाल, चाहे कुछ भी हो, **in that ~** यदि वह सच या वह बात हो; यदि ऐसा हो, 8 *gram* कारक, 9 *comb:* ~-**history** रोगी का पूर्ववृत्त; ~-**law** पुराने मुकदमों के फैसलों पर आधारित कानून, नज़ीरी कानून, निर्णय-विधि

case^{2} *n* 1 ख़ोल, पेटी, बक्सा [packing-~] डिब्बा, केस, 2 *print* टाइप के अक्षरों को अलग-अलग रखने का खानेदार बक्स; **upper ~** अंग्रेजी टाइप के बड़े अक्षर, **lower ~** छोटे अक्षर, 3 -~ **harden** *vt* लोहे आदि की सतह को कड़ा करना; *fig* (व्यक्ति को) कठोर हृदय बनाना; ~ **hardened** *a* जीवन के अनुभवों से कठोर बना (व्यक्ति); कठोरहृदय, 4 **casing** *n* ख़ोल, वेष्टन, आवरण

casein केसिइन, केसीन *n* दूध की प्रोटीन (जो कि पनीर का मूलतत्त्व है)

casemate केस्मेट *n* किले की दीवार में बना मेहराबदार आला (जिसमें गोली चलाने के छिद्र होते हैं), कमांचा

casement केस्मन्ट *n* 1 खिड़की का चौखटा; *poet* खिड़की, 2 ~ **window** चौखटेदार खिड़की, 3 ~ **cloth** पर्दों का मोटा सूती कपड़ा

caseous केसिअस *a* पनीर का, पनीर-जैसा

cash कैश *n* & *vt* 1 सिक्के और नोट, नकद, नकदी, रोकड़, to be out of ~ नकद रुपया पास न होना, ~ **down** तुरन्त नकद अदायगी; ~ **on delivery** माल छुड़ाते समय नकद अदायगी (करनी होगी) ~ **and carry** नकद ख़रीदो और ले जाओ, 2 *comb:* ~**-account** रोकड़ लेखा, रोकड़ खाता; ~**-book** रोकड़ बही, ~ **crops** बेचने के लिए (न कि अपने खाने के लिए) उगाई जाने वाली फ़सलें, व्यापारिक फ़सलें, नकदी फ़सलें, *e.g.* coffee, cotton, jute; ~ **memo** नकद बिक्री की रसीद, नकदी-रसीद, ~ **payment** नकद अदायगी; *vt* (नोट या चेक) भुनाना, तुड़ाना; **to** ~ **in on** (i) से नफ़ा कमाना [Unscrupulous traders ~ in on shortages]; (ii) *fig* स्थिति आदि से लाभ उठाना

cashew कैशू *n* काजू का पेड़; ~**-nut** काजू

cashier^1 कैशियर *n* खज़ांची, कोषाध्यक्ष

cashier^2 क-शियर *vt* नौकरी से हटाना, बरख़ास्त करना; पदच्युत करना

casino कसीनो *n* नृत्य-संगीत गृह (जिसमें प्राय: जूआ भी खेला जाता है), मनोरंजनशाला

cask कास्क *n* 1 (वि० शराब का) पीपा, ढोल, 2 नाप-विशेष

casket कास्किट *n* (आभूषण, रत्न आदि रखने की) संदूकची, मंजूषा, डिब्बा

Cassandra क-सैन्ड्र: *n* भावी विपत्ति की सूचना देने वाला व्यक्ति (वि० वह जिस की भविष्यवाणी पर लोग विश्वास न करें) [*myth:* ~ was a daughter of Priam, king of Troy. She was endowed with powers to prophesy correctly, but fated never to be believed]

cassation कसेशन *n* रद्द करना, मंसूखी

cassava कसाव: *n* कन्दाकार जड़ों वाला पौधा जिससे टेपियोका निकाला जाता है ; कसावा

casserole कैस-रोल *n* एक प्रकार की हांडी (जिसमें पकाते हैं और जिसे फिर खाने की मेज़ पर ला रखते हैं)

cassette कसेॅट *n* रिकार्डिङ्ग टेप रखने का डिब्बा

cassia कैसिअ *n* ~ **fistula** अमलतास

cassock कैसक *n* पादरियों का तंग और लंबा कुरता, चोग़ा

cassowary कैस-वरि *n* शुतुरमुर्ग-जाति का तेज़ भागने वाला पक्षी, कसोवरी

cast^1 कास्ट *vt* & *i* (cast) 1 फेंकना, डालना, **to** ~ **anchor** लंगर डालना; **to** ~ **a net** जाल डालना; the snake ~s its slough सांप कैंचुली उतारता है, 2 **to** ~ **aspersions on s.o.** लांछन या तोहमत लगाना; **to** ~ **a glance** नज़र डालना, दृष्टिपात करना, **to** ~ **a horoscope** जन्मपत्री बनाना, **to** ~ **a shadow on** पर छाया डालना; *fig* The news of his death ~ a shadow on the entire town उसकी मृत्यु के समाचार से सारे नगर में उदासी छा गई; **to** ~ **a spell on** पर जादू करना या डालना, को मोहित करना, **to** ~ **a vote** वोट देना या डालना, 3 (पिघली धातु को) ढालना, 4 अभिनेता को (नाटक में) पार्ट देना [to ~ s.o. for a part], 5 (with *prepp* etc) **to** ~ **about** for an excuse बहाना ढूंढना; **to** ~ **about for** new friends, allies, etc नये मित्रों की तलाश में फिरना, to ~ **aside, away** निकम्मा समझ कर फेंक देना, छोड़ देना; **to be** ~ **down** उदास होना; to ~ **off** (old clothes etc) त्याग देना, 6 *comb:* ~ **iron** *n* ढलवां लोहा, **cast-iron** *a* ढलवां लोहे का बना हुआ; *fig* कठोर, सख़्त; जिसमें परिवर्तन न हो सके; ~**ing** *n* ढलाई; (मशीन में या सांचे में) ढली हुई चीज़; ~**ing** *a*. ~**ing vote** निर्णायक मत (जो पक्ष-विपक्ष के वोट बराबर होने पर मामले का निर्णय करने के लिये सभापति द्वारा दिया जाता है)

cast^2 *n* 1 फेंकने की क्रिया, फेंक, फेंकाव [~ of the net, dice, etc], 2 सांचा, 3 (सांचे में ढली हुई) मूर्ति, प्रतिमा आदि कोई वस्तु [plaster ~s], 4 नाटक के अभिनेता, अभिनेतावर्ग, 5 ढंग, ढब, बनावट, प्रकार, 6 ~ **in the eye** तनिक भेंगापन, ~ of features मुखाकृति, ~ of mind (मानसिक) प्रवृत्ति, मनोवृत्ति

castaway कास्ट-वे *n* & *a* जहाज़ के टूट या डूब जाने पर अपरिचित देश में पहुंचा हुआ (व्यक्ति)

caste कास्ट *n* 1 जाति, जात-पाँत, वर्ण; वर्ण-व्यवस्था, 2 (अलग सत्ता बनाये रखने वाला कोई) वर्ग, बिरादरी, 3 **to lose** ~ **(with, among)** जातिच्युत होना, अपनी बिरादरी या वर्ग से निकाल दिया जाना, 4 *attrib*: the ~ Hindus सवर्ण हिन्दू; ~**ism** जातिवाद, जाति परायणता, जात-पाँत की भावना

castellated कैस्ट-लेटिड *a* 1 किले-जैसा, दुर्गवत्, 2 (किले की भांति) कंगूरेदार या बुरजदार

castigate कैस्टिगेट *vt* 1 (मुक्कों आदि से) खूब मारना, पीटना, बहुत दण्ड देना, 2 फटकारना; भर्त्सना करना, कटु आलोचना करना; **castigation** *n* 1 मार, पिटाई, दण्ड, 2 फटकार, भर्त्सना, कटु आलोचना

castle कासल *n* 1 दुर्ग, किला, गढ़ *Prov:* **Englishman's house is his** ~ किसी अंग्रेज़ के घर में कोई ज़बरदस्ती नहीं घुस सकता, 2 ~**s in the air;** ~**s in Spain** हवाई किले, ख़्याली पुलाव, दिवास्वप्न **(also see build, 1)**

castor^1, **-er** कास्टर *n* 1 सूराख़दार ढक्कन वाली छोटी शीशी; ~ **sugar** बारीक चीनी, 2 मेज़-कुर्सी की टांग के नीचे लगा छोटा पहिया

castor^2 *n* ~ **oil** एरंड या रेंडी का तेल; ~ **beans** एरंड के बीज

castrate कैस्ट्रेट *vt* 1 बधिया करना, खस्सी करना, 2 बल हर लेना, बलहीन करना; **castration** *n* बधियाकरण

casual कैश्ज़ुअल *a* 1 आकस्मिक [~ leave, meeting], 2 अनियत, प्रतिदिन न होने वाला, कभी-कभी होने वाला, ~ **abourer** अमानी मजदूर, 3 पहले से न सोचा हुआ, बिना पूर्व-विचार के, यों ही किया हुआ, 4 बेढंगा, बेपरवाह; बेपरवाही का, 5 ~ **clothes; clothes for** ~ **wear** साधारण ढीले-ढाले वस्त्र जो घर पर या छुट्टियों में पहने जायें, अनौपचारिक वस्त्र या पोशाक; ~**ly** *adv* 1 अकस्मात्, संयोगवश, 2 लापरवाही से, बिना पूर्व- विचार के, यों ही, ऐसे ही

casualty कैश्ज़ुअल्टि *n* 1 घटना, आकस्मिक घटना, दुर्घटना, वारदात; आपत्ति, 2 (युद्ध या दुर्घटना में) घायल या मृत व्यक्ति, हताहत, मृतक; We inflicted heavy casualties on the enemy हमने शत्रु के बहुत से सैनिकों को हताहत किया, 3 ~ **list** हताहत सूची, ~ **ward** घायलों का कमरा, हताहत कक्ष, 4 लुप्त या नष्ट वस्तु [Truth is the first ~ in war]

casuist कैश्ज़ुइस्ट *n* 1 धर्माधर्मविचारक, कर्तव्याकर्तव्य-मीमांसक, व्यक्ति जो यह बताये कि अमुक स्थिति में अमुक धर्मसिद्धान्त कहां तक लागू होता है या नहीं होता और क्यों, 2 कूटतार्किक, वितंडावादी, वैतंडिक, वाक्छल करने वाला, वाक्छली: **casuistic(al)** *aa* 1 धर्माधर्मविचारविषयक, धर्माधर्ममीमांसा का, 2 कुतर्कपूर्ण, वाक्छलपूर्ण

casuistry कैश्ज़ुइस्ट्रि *n* 1 कर्तव्याकर्तव्यमीमांसा, धर्माधर्ममीमांसा, धर्माधर्मविचारणा, 2 वितंडा, वाक्छल

casus L केसस *n* घटना, दुर्घटना, अवसर, **casus belli** L केसस् बे`लाइ *n* युद्ध छेड़ने का औचित्य सिद्ध करने वाली घटना, युद्ध का मूल कारण

cat कैट *n* 1 बिल्ली, *colloq* ईर्ष्यालु स्त्री, चुड़ैल, 2 विडाल-जाति का कोई जीव (सिंह, बाघ, चीता आदि) [the great Cats], 3 **cat(head)** लंगर उठाने का शहतीर, लंगरकुन्दा, 4 *idioms:* it rains **cats and dogs** मूसलाधार वर्षा होती है; **a cat may look at a king** निम्नवर्ग के लोगों को भी कुछ अधिकार तो मिलने ही चाहिए; **see which way the** ~ **jumps** देखो ऊंट किस करवट बैठता है; देखो जनता क्या कहती है ? **to let the cat out of the bag** (वि० अनजाने में) रहस्य खोल देना, भांडा फोड़ना, भेद खोलना; the cat is out of the bag भेद खुल गया है; **to turn** ~ **in the pan** पक्ष बदलना, दूसरे पक्ष से जा मिलना; **care killed the** ~ (शब्दार्थ– बिल्ली जिसमें नौ जानें थीं, चिन्ता करते-करते मर गई) भावार्थ– चिन्ता छोड़ो; प्रसन्नचित्त रहो, 5 *comb:* **cat-and-dog life** (पति-पत्नी का) कलहपूर्ण जीवन; **catcall** *n* & *vt* & *i* (सिनेमा या सभा में असन्तोष व्यक्त करने के लिए) सीटी (बजाना); गुलगपाड़ा (करना) **cat's eye** श्रीलङ्का में पाया जाने वाला रत्न, लहसुनिया; (to be made a) **cat's paw** दूसरों के हाथ का खिलौना या कठपुतली बनना

catachresis कैट-क्रीसिस *n* 1 शब्दों का गलत प्रयोग, अपप्रयोग, दुष्प्रयोग, 2 अनुचितार्थ

cataclasm कैट-क्लैज़्म *n* जोर से फटना या टूटना, विघटन

cataclysm कैट-क्लिज़्म *n* 1 प्रलय, भयङ्कर बाढ़, 2 महाक्रान्ति, विप्लव, (राजनीतिक अथवा सामाजिक) उथलपुथल, भारी इनकिलाब; ~**al**, ~**ic** *aa* प्रलयङ्कर, प्रलयकारी, इनकिलाबी

catacomb कैट-कोम *n* 1 कब्रिस्तान, 2 शराब का तहखाना

catafalque कैट-फ़ैल्क *n* 1 अरथी, 2 ताबूत या शव-पेटी रखने का मंच; शव-मंच

catalepsy कैट-ले`प्सि *n* पेशियों का अकड़ाव (और बेहोशी तथा संवेदनहीनता); पेशी-प्रतिष्टम्भ

cataleptic *a* & *n* पेशीप्रतिष्टम्भ का (रोगी)

catalogue कैट-लों`ग *n* & *vt* 1 सूची, सूचीपत्र, सारणी, तालिका; *vt* सूची बनाना, सूची में लिखना, विवरण देना; ~ **raisonné टीकासहित** विवरण-सूची; ~**r** *n* सूचीकार, सूची बनाने वाला

catalysis कटैलिसिस *n* किसी पदार्थ का स्वयं परिवर्तित हुए बिना अन्य पदार्थों में रासायनिक परिवर्तन लाने में सहायता देना, परिवर्तन-सहायता, उत्प्रेरण

catalyst कैट-लिस्ट *n* (see prec) परिवर्तन-सहायक, उत्प्रेरक; **catalytic** कैट-लिटिक *a* उत्प्रेरण-संबंधी, उत्प्रेरकी; ~ agent=catalyst

catamaran कैट-मरैन *n* 1 लट्ठों का बेड़ा, 2 *colloq* झगड़ालू औरत, कलहप्रिय स्त्री

catapult कैट-पल्ट *n* 1 पत्थर फेंकने का प्राचीन यन्त्र, 2 गुलेल, 3 जहाज की छत से विमान उड़ाने में काम आने वाला यन्त्रविशेष; *vt* & *i* 1 गुलेल से पत्थर फेंकना या मारना, गुलेल से शिकार करना, 2 बड़े जोर से फेंकना, 3 *vi* तेज़ी से जाना

cataract कैट-रैक्ट *n* 1 महाजलप्रपात, बहुत बड़ा जलप्रपात, 2 धारासंपात वर्षा, मूसलाधार वर्षा, 3 जलप्रवाह, 4 मोतियाबिन्द

catarrh क-टार *n* नज़ला, जुकाम

catastrophe कटैस्ट्रफ़ि *n* 1 विनाश, विपत्ति, महा संकट, अनर्थ; भीषण दुर्घटना, क्रान्तिकारी या विनाशकारी घटना, 2 भूगर्भीय पदार्थों के सिलसिले को तोड़-फोड़ देने वाली घटना, 3 नाटक का अन्तिम भाग जिस में घटनाक्रम पराकाष्ठा को पहुंच जाता है और समस्त घटनाओं का रहस्य खुलता है, निर्वहण

catastrophic कैटस्ट्रो`फ़िक *a* विनाशकारी, अनर्थ-

पूर्ण, भीषण

catch^1 कैच (caught) *vt* & *i* **1** पकड़ना [to ~ a thief, bird, etc]; to ~ a ball गेंद बोचना; **2** उलझाना, फंसाना [A nail caught her *sari*] **3 to ~ s.o. doing sth** (*or* **at sth**) किसी को अपराध करते हुए अचानक (जा) पकड़ना [I caught him stealing my marbles], **4** (समय पर पहुंच कर) गाड़ी आदि पकड़ना [to ~ the train, bus]; व्यक्ति से मिल पाना [I caught him at his residence], **5** (पूरा) सुन पाना, समझना; **I didn't ~ what you said** मैं आपकी बात ठीक सुन नहीं पाया; **I didn't ~ your meaning** मैं आपका मतलब नहीं समझ पाया; **to ~** a broadcast प्रसारण सुन पाना, **6** to ~ a disease रोग लग जाना; **to ~ cold, a cold** जुकाम हो जाना, **7** to ~ s.o.'s eye आंख मिला कर किसी का ध्यान आकृष्ट करना; **to ~ the Speaker's eye** (*Parl*) अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कर के (उसकी अनुमति से) बोलने का अवसर पाना, **8 to ~ fire** जलने लगना, आग लग जाना, **9 to ~ one's breath** (आश्चर्यचकित होकर) क्षण भर सांस रोक लेना, **10** *vi* (of fire *or* combustible) जलने लगना, जल उठना, **11** फंस जाना, उलझ जाना [Her *sari* caught on a nail], **12** (with *prepp*) **to ~ at sth** पकड़ने की कोशिश करना [A drowning man will ~ at a straw]; **to ~ at an opportunity** अवसर का उपयोग करने की कोशिश करना; **to ~ on** (*colloq*) लोकप्रिय होना; **to ~ up with s.o., to ~ s.o. up** (पीछे चलते हुए व्यक्ति का आगे वाले से) जा मिलना, जा पकड़ना [I started late but caught up with Mohan near the temple]; In industrialization, Japan has caught up with the West औद्योगिक विकास में जापान पाश्चात्य देशों के बराबर आ पहुंचा है; **to ~ s.o. out** (i) *crick* गेन्द बोच कर बल्लेबाज़ को आउट करना, (ii) अपराध करते हुए को अचानक पकड़ लेना, **13** *comb:* **~-crop** दूसरी फ़सल की कतारों के बीच या दो फ़सलों के बीच के समय में उगाई जाने वाली फ़सल, अन्तर्वर्ती फ़सल, अन्तर्कालिक फ़सल, जायद फ़सल; **~-phrase** आम प्रयोग में आने वाला वाक्य, चलता फ़िकरा, **~word** (i) पृष्ठ का अन्तिम शब्द जो अगले पृष्ठ पर दोहराया जाये, (ध्यान आकृष्ट करने वाला) संकेत शब्द, (ii) चालू नारा, चलता फ़िकरा

catch^2 *n* **1** पकड़, पकड़ना, **2** (एक बार में) पकड़ी गई मछलियां, **3** (क्रिकिट में) गेंद का बोच लिया जाना, **4** गेंद बोचने में होशियार खिलाड़ी, **5** (खिड़की या दरवाज़े की) बिल्ली, खटका, **6** बुद्धि को चकरा देने वाली बात, भुलावा, धोखा; अप्रत्याशित कठिनाई; the question appears to be simple, but there is a ~ in it प्रश्न लगता तो सरल है पर इसमें एक भुलावा है

catching *a* **1** संक्रामक (रोग आदि), **2** आकर्षक, मुग्ध करने वाला

catchment कैच्मन्ट *n* **1 ~ area** जलग्रहण क्षेत्र, वह सारा पर्वतीय प्रदेश जहां का वर्षाजल बहकर किसी नदी में जाय, *fig* (स्कूल का) छात्र ग्रहण-क्षेत्र; (अस्पताल का) रोगी ग्रहण-क्षेत्र, **2 ~ basin** वह सारा मैदानी क्षेत्र जिसका वर्षाजल किसी नदी में जाय, जलग्रहण मैदान

catchy कैचि *a* **1** आकर्षक, **2** (गीत की धुन) जो आसानी से सीखी जा सके, सरल

catechetic(al) कैटिकेटिक(ल) *aa* प्रश्नोत्तर-विधिसंबंधी, प्रश्नोत्तर का, प्रश्नोत्तर पर आधारित, मौखिक शिक्षा का

catechism कैटिकिज़्म *n* **1** प्रश्नोत्तर द्वारा शिक्षा देना, शिक्षा की प्रश्नोत्तर-पद्धति, प्रश्नोत्तरी, ईसाई धर्म की प्रश्नोत्तरी, **2** किसी व्यक्ति से पूछे गये प्रश्न, प्रश्नमाला

catechize कैटिकाइज़ *vt* **1** प्रश्नोत्तर द्वारा शिक्षा देना, **2** प्रश्न करना, प्रश्नोत्तर द्वारा परीक्षा लेना

catechu कैटिचू *n* खदिर, खैर, कत्था

catechumen कैटिक्यूमेंन *n* ईसाई धर्म में दीक्षा (अर्थात् बपतिस्मा) लेने से पहले धर्म-शिक्षा ग्रहण करने वाला व्यक्ति; (ईसाई धर्म का) नवशिक्षार्थी, दीक्षार्थी

categorical कैटिगोरिकल *a* **1** (of statement etc) बिना शर्त का, बिलाशर्त, निरपेक्ष; निरुपाधिक, **2** स्पष्ट, साफ़, सीधा, दो टूक; **~ imperative** (*ethics*) अन्तःकरण का आदेश (जिसे धर्माधर्म-निर्णय में सर्वोपरि माना जाता है), ज़मीर की आवाज, निरपेक्ष आदेश; **~ly** *adv* सीधा, साफ़, दो टूक, बिल्कुल

category कैटिगरि *n* वर्ग, श्रेणी, कोटि

catena कटीनः *n* **1** शृंखला, **2** बाइबल पर टीकाओं की शृंखला, टीकामाला

catenary कटी-नरि *a* & *n* अर्धवृत्तशृंखला (संबंधी, का) **~ bridge** झूलना पुल

catenate कैटिनेट *vt* अलग-अलग कड़ियों को जोड़ कर शृंखला बनाना, (कड़ियों को) शृंखलाबद्ध करना, शृंखलित करना; **catenation** *n* शृंखला; शृंखलन

cater केटर *vi* **1** खाने पीने का प्रबन्ध करना, **2** मनोरंजन का प्रबन्ध करना, **to ~ for all tastes** सब तरह के (या भिन्न-भिन्न रुचि वाले) लोगों के लिए खाने-पीने अथवा मनोरंजन का प्रबन्ध करना; **caterer** खानपान का प्रबन्ध करने वाला, **catering** खानपान (का प्रबन्ध)

caterpillar कैटर्-पिलर *n* **1** तितली या पतंगे का लार्वा, सूंड़ी, इल्ली, **2** (टैंक, ट्रेक्टर आदि के) दान्तेदार पहियों के ऊपर की पट्टी, चक्रपट्टी; **~ tractor** ऐसी पट्टी वाला ट्रेक्टर

caterwaul कैटर्-वॉल *vi* & *n* बिल्ली की तरह चिल्लाना; *n* बिल्ली की चिल्लाहट

catgut कैट्-गट *n* तांत (जोकि भेड़ या घोड़े, न कि बिल्ली, की आंत से बनती है और टैनिस के रैकट तथा वायलिन आदि में लगती है)

catharsis कथार्सिस *n* 1 विरेचन, जुलाब, विरेचन-क्रिया, 2 (अरस्तू के अनुसार) नाटक देखने से दर्शकों की मनोभावनाओं का फूट पड़ना जिससे उनके मन का मैल धुल जाता है और विचार उदात्त हो जाते हैं, भावविरेचन; *psych* दबी हुई भावनाओं की अभिव्यक्ति; **cathartic** कथार्टिक *a* & *n* 1 विरेचक, रेचक, 2 भावविरेचनकारी

cathedral कथीड्रल *a* & *n* (बिशप-अधीन प्रदेश का) मुख्य गिरजा (also ~ church); ~ utterance etc गिरजे के मुख्य आसन से दिया गया भाषण आदि, प्रवचन

cathode कैथोड *n* बिजली की धारा का ठंडा ध्रुव या सिरा, कैथोड

catholic कैथ-लिक *a* 1 सार्वभौमिक, विश्वव्यापी, विश्वजनीन, सार्वजनीन; सबके साथ सहानुभूति रखने वाला, सहिष्णु, उदार, उदारमना; ~ mind उदार मन, उदार विचार; ~ taste सबकी अच्छी बातें ग्रहण करने की रुचि, **C~ Church** (i) सब ईसाई (ii) रोमन कैथलिक चर्च के अनुयायी, **~ism** (i) कैथलिक धर्म (और उसके अनुष्ठान), (ii) = foll

catholicity कैथ-लिस-टि *n* 1 विश्वव्यापकता, विश्वजनीनता, सार्वभौमता, 2 उदारता, सहिष्णुता, 3 सर्वगुणग्राहकता, सब की अच्छी बातें ग्रहण करने का स्वभाव

catholicon कथॉलिकन *n* सब रोगों की दवा, सर्वरोगहर

catkin कैट्-किन *n* 'विलो' आदि पेड़ों का लटकता हुआ पुष्पसमूह, मंजरी

cattish कैटिश, **catty** कैटि *aa* 1 बिल्ली-जैसा, 2 *fig* धूर्त और ईर्ष्यालु

cattle कैटल *n* 1 ढोर, मवेशी, गाय-बैल, 2 *comb:* **~-lifter** ढोर चुराने वाला, **~-pen** गोशाला, बाड़ा, **~-plague** पशुओं का संक्रामक रोग, मालमारी **~-pound** कांजीहाउस

Caucasian कॉकेज़ियन *a* & *n* गोरी जाति का (आदमी), काकेशियाई

caucus कॉकस *n* & *vt* & *i* 1 स्थानीय राजनीतिक दल या गुट्ट, राजनीतिक दल की स्थानीय समिति (जिसका काम चुनाव लड़ना और नीति निर्धारित करना आदि होता है), 2 **the caucus** स्थानीय दलों पर आधारित शासन-पद्धति, 3 दल की **बैठक, गुट की बैठक**

caudal कॉडल *a* पूंछ का, पूंछ-जैसा, पुच्छीय

caudle कॉडल *n* (*arch*) कमजोरों (विशेषतः प्रसूता स्त्रियों) के लिए गरम दलिया

cauldron कॉल्ड्रन *n* देग, कड़ाह, कड़ाहा

cauliflower कॉलिफ़्लाउर *n* फूलगोभी

caulk कॉक *vt* जहाज की दरार को (तारकोल और रस्सियों के टुकड़ों से) भरना, दरार भरना

causal कॉज़ल *a* कारणविषयक, कारण-संबंधी, कारणात्मक, कार्य-कारण-विषयक; ~ relation कार्य-कारण-संबंध **~ body कारण शरीर**

causality कॉज़ैलिटि *n* 1 कारण होना, कारणता, 2 कारणवत्ता, कारण वाला होना, 3 कारणरूप होना, कारण बनना, 4 *log* कार्य-कारण संबंध, कार्य-कारण भाव, 5 कार्य-कारण सिद्धान्त, यह सिद्धान्त कि हर कार्य का कोई कारण होता है

causation कॉज़ेशन *n* (see prec) 1 कारणता, बनाना, पैदा करना, 2 कार्य-कारण संबंध, 3 कार्य-कारण सिद्धान्त

causative कॉज़-टिव *a* 1 कारणभूत, कारणरूप, (स्थिति या पदार्थ को) पैदा करने वाला, 2 *gram* कारणवाची, प्रेरणार्थक

cause^{1} कॉज़ *n* 1 कारण, हेतु, वजह, सबब, 2 उद्देश्य, प्रयोजन, काम national ~ राष्ट्र का काम, 3 **efficient** ~ निमित्त कारण; **material** ~ उपादान कारण, (किसी वस्तु का) आधारभूत द्रव्य; **formal** ~ पदार्थ को रूप-विशेष देने वाला कारण, स्वरूप कारण; final ~ (पदार्थ के बनाने का) उद्देश्य, प्रयोजन; First C~ सृष्टिकर्ता, रचयिता, 4 मामला, दावा, मुकदमा, वाद [~-list], 5 विवाद का कोई एक पक्ष, **to make common ~ with s.o.** किसी का पक्ष लेना, साथ देना, मिल जाना, मिल के काम करना; **to take up s.o.'s ~** किसी के पक्ष का समर्थन करना, किसी के हक में लड़ना; **~less** 1 अकारण, जिसका कारण ज्ञात न हो, 2 अनुचित, बेमतलब

cause^{3} *vt* 1 कारण होना, 2 उत्पन्न करना, बनाना, 3 प्रेरित करना, करवाना, **to ~ s.o. to do sth** किसी से कुछ करवाना

causeway कॉज़्वे *n* 1 नाले के ऊपर सड़क का उभरा हुआ भाग, पुलिया, सेतु, 2 पक्का नदीपथ; सड़क के साथ-साथ पैदल चलने वालों के लिए तनिक ऊंचा रास्ता, उच्चमार्ग, पटड़ी

caustic कॉस्टिक *a* & *n* 1 दाहक, प्रदाहक, त्वचा में जलन पैदा करने वाला (पदार्थ) [~ soda], 2 कटु, जला-कटा, तीखा, कठोर, मर्मभेदी, चुभने वाला [~ remarks]

cauterize कॉट-राइज़ *vt* 1 गरम लोहे या प्रदाहक पदार्थ से दागना, 2 निर्दय या कठोर-हृदय बनाना

caution कॉशन *n* & *vt* 1 सावधानी, सतर्कता, विमृश्यकारिता, समझदारी, होशियारी, चौकसी, एहतियात, 2 चेतावनी, डांट-फटकार, he was let off with a ~ उसे डांट-डपट कर छोड़ दिया गया, 3 **~ money** नेकचलनी के लिए (दी गई) जमानत; *vt* चेतावनी देना, खबरदार करना, चेताना, to ~ **s.o. against** sth किसी को किसी बात से बचने के बारे में खबरदार करना; to ~ s.o. **to do (not to do)** sth किसी को खबरदार करना कि वह ऐसा काम करे (न करे)

cautionary कॉशनरि *a* एहतियात के तौर पर

किया जाने वाला, एहतियात का; सावधानी का, ~ measure एहतियाती कार्यवाही

cautious कॉशस *a* 1 सावधान, सतर्क, सचेत, चौकस, चौकन्ना, 2 समझदार, विमृश्यकारी; **~ly** *adv* सावधानी से, होशियारी से, संभल के, फूंक फूंक के; **~ness** *n* सावधानी, सतर्कता, चौकसी, होशियारी

cavalcade कैवल्केड *n* 1 घुड़सवार-दल, अश्वारोही दल; मोटर-गाड़ियों का ताँता, 2 जलूस, शोभायात्रा

cavalier कैव-लियर *n* & *a* 1 *arch* घुड़सवार, 2 बांका जवान, रक्षार्थ भद्र महिला के साथ जाने वाला जवान, महिलाओं के प्रति विशेष आदर का व्यवहार करने वाला पुरुष; *a* अभिमानी, अशिष्ट, रूखा

cavalry कैवल्रि *n* घुड़सवार सेना, अश्वारोही सेना, रिसाला

cave^1 केव *n* 1 गुफा, कन्दरा, खोह, माँद, 2 *polit* भिन्नमतावलम्बी गुट्ट, 3 *comb:* **~-dweller** गुफावासी, **~-man** (i) गुफावासी मनुष्य, (ii) प्रागैतिहासिक गुफावासी मनुष्य की भांति आचरण करने वाला (आधुनिक) मनुष्य

cave^2 *vt* & *i* 1 गुफा बनाना, या खोदना, 2 गुफाओं की खोज करना, 3 **to ~ in** (i) (खान या गुफा की छत का) बैठ जाना, धँस जाना; (दीवार का) अन्दर को धँस जाना; (दीवार को) अन्दर धँसा देना; (ii) हार मानना, दब जाना, विरोध छोड़ना

caveat केवियैट *n* 1 *law* कार्यवाही रोकने की याचिका या आवेदनपत्र, आपत्ति, to enter (*or* put in) a ~ कार्यवाही रोकने की याचिका देना, आपत्ति करना, 2 चेतावनी, 3 शर्त

cavern कैवर्न *n* कंदरा, गुफा, खोह; **~ous** *a* 1 (प्रदेश) जिसमें बहुत गुफाएं हों, गुफामय, 2 गुफासदृश; गहरा, घोर, ~ous darkness घोर अंधकार, घुप अन्धेरा, ~ous eyes अन्दर धँसी हुई आँखें, ~ous mouth गुफा-जैसा बहुत बड़ा मुंह

cavil कैविल *vi* & *n* व्यर्थ आपत्ति करना, छिद्रान्वेषण करना, फ़जूल एतराज़ करना, नुक्ताचीनी करना [to ~ at sth]; *n* अकारण आपत्ति, निकम्मा एतराज, छिद्रान्वेषण; **~ler** *n* दोषदर्शी, छिद्रान्वेषी

cavity कैविटि *n* ठोस वस्तु के भीतर खाली जगह, कोटर, विवर, छिद्र

caw कॉ *n* & *vi* & *t* काँय-काँय (करना), काँव-काँव (करना)

cayman, caiman केमन *n* घड़ियाल, मगरमच्छ

cease सीस *vi* & *t* बन्द करना या होना, रोकना, रुकना, थमना, ख़तम होना, समाप्त होना, समाप्त करना, निबटना [to ~ **to do** sth, to ~ **(from) doing** sth]; **~-fire** युद्ध-विराम, गोली चलाना बन्द करना; **~less** *a*; **~lessly** *adv* अविरत, अनवरत, अविराम, निरन्तर, लगातार, धड़ाधड़, ताबड़तोड़

cecity सीसिटि *n* (usu *fig*) अन्धापन, (मानसिक) अन्धता

cedar सीडर *n* देवदार, देवदार जाति का पेड़

cede सीड *vt* (इलाका) दे देना, (अधिकार) छोड़ देना, हवाले कर देना, सौंपना, सुपुर्द करना [to ~ a territory to s.o.]

cedilla सिडिल: *n*.c के नीचे लगने वाला चिन्ह जो सूचित करता है कि c का उच्चारण 'स' है, सिडिल्ला (*e.g.* in façade)

ceiling सीलिङ्ग *n* 1 छत, अन्दर की छत, 2 अधिकतम ऊंचाई जहां तक विमान पहुंच सकता है, विमान की उड़ान की उच्चतम सीमा, 3 (कीमतों, मजदूरी आदि की) सीमा, ~ price अधिकतम (नियत) मूल्य

celandine सेॅलन्डाइन *n* पीले फूलों का पौधा (जो दो प्रकार का होता है)

celebrate सेॅलिब्रेट *vt* & *i* 1 (उत्सव, विजय, जन्मदिवस, पर्व आदि) मनाना, की स्मृति में उत्सव मनाना या समारोह करना, 2 यश या कीर्ति फैलाना, प्रसिद्ध या विख्यात करना; ~d *a* प्रसिद्ध, विख्यात, यशस्वी [Einstein, the ~d author of the theory of relativity, was a German Jew]

celebration सेॅलिब्रेशन *n* उत्सव, समारोह, अनुष्ठान, धूमधाम

celebrity सिलेॅब्रिटि *n* 1 प्रसिद्ध या विख्यात होना, प्रसिद्धि, ख्याति, 2 प्रसिद्ध या विख्यात या यशस्वी व्यक्ति, Tansen was a musical ~ तानसेन सुविख्यात संगीतज्ञ था

celerity सिलेॅरिटि *n* (जीवित प्राणी की) फुर्ती, तेज़ी, द्रुत गति, शीघ्रता

celery सेॅलरि *n* सलाद में काम आने वाला पौधा, अजवायन, सेलरी

celestial सिलेॅस्टियल *a* 1 आकाश का, आकाशीय, खगोलीय, 2 स्वर्गीय, दिव्य,

celibacy सेॅलिब-सि *n* ब्रह्मचर्य, ब्रह्मचर्य का जीवन, अविवाहित जीवन

celibate सेॅलिबिट *n* & *a* ब्रह्मचारी, आजीवन ब्रह्मचर्यव्रत का पालन करने वाला, बालब्रह्मचारी [Bhishma was a ~]; *a* ब्रह्मचर्य का, ब्रह्मचारी का, अविवाहित

cell सेॅल *n* 1 साधु या संन्यासी की कुटिया (जिसमें एक ही कमरा हो), 2 कोठरी, **condemned ~** कालकोठरी, फाँसी दिये जाने वाले कैदी की कोठरी, 3 मधुमक्खी के छत्ते का एक ख़ाना, 4 (बैटरी का) सेल, 5 आरंभिक केन्द्र (जिसका बाद में विस्तार किया जा सके), (आन्दोलनकारी) प्रचार का केन्द्र, 6 (प्राणियों का) कोशाणु

cellar सेॅलर *n* & *vt* तहख़ाना, ज़मीन के नीचे बना हुआ गोदाम (जिसमें प्राय: शराब रखी जाती है), शराब का भंडार (जिसे **wine-~** भी कहते हैं), he keeps a good ~ उसके पास शराब का काफ़ी भंडार रहता है; *vt* गोदाम में रखना या भरना

cellophane सेॅल-फ़ेन *n* लकड़ी के गूदे से बना

पारदर्शक काग़ज़ जो चीज़ों को लपेटने या पैक करने के काम आता है, सेलोफ़ेन

cellular से॑ल्युलर *a* 1 जिसमें छोटे-छोटे कमरे अथवा खाने अथवा छिद्र हों, 2 *phys* कोशिकामय, कोषमय, खानेदार

celluloid से॑ल्युलॉ॑इड *a* & *n* कोशवत्, कोशाणुवत्, कोशाणु-जैसा; *n* प्लास्टिक पदार्थ, जिससे सिनेमा की फ़िल्में बनती हैं, सेल्यूलायड

Celsius से॑ल्सियस *a*=Centigrade *q.v.*

Celt से॑ल्ट, के॑ल्ट *n* पश्चिम यूरोप की कुछ जातियों (Gauls, Irish, Welsh, etc) का व्यक्ति, से॑ल्ट

cement सिमे॑न्ट *n* & *vt* 1 सीमेंट, ईंट-पत्थर आदि जोड़ने का विशेष मसाला या गारा; कोई चीज जोड़ने का मसाला, 2 *fig* कोई बात जिससे दो व्यक्तियों या दलों में पक्का संबंध स्थापित हो, स्थायी संबंध का आधार; *vt* 1 सीमेंट लगाना, सीमेंट से जोड़ना, 2 *fig* संबंध जोड़ना, पक्का या दृढ़ करना [to ~ a friendship etc]

cemetery से॑मिट्रि *n* कब्रिस्तान, मुरदे गाड़ने की जगह

cenotaph से॑न-टाफ़ *n* 1 (समाधि के आकार का) स्मारक (जिस में शव न हो), 2 युद्ध में मरने वालों का स्मारक (वि० जो लन्दन में बना है)

cense से॑न्स *vt* धूप जला कर पूजा करना, धूप देना; **~r** *n* धूपदान, अगरदान

censor^1 से॑न्सर *n* 1 दूसरों के आचार-व्यवहार पर टीका-टिप्पणी करने वाला व्यक्ति, 2 अधिकारी जिसका काम पुस्तकों और समाचारों आदि के प्रकाशन की अनुमति देना होता है और जिसे अश्लील या विद्रोहपूर्ण पुस्तकों तथा आपत्तिजनक समाचारों को दबा देने का अधिकार होता है, निरीक्षण-अधिकारी, से॑न्सर, 3 *psych* मानसिक शक्ति जो अचेतन मन के विचारों को चेतन अवस्था में प्रकट नहीं होने देती, अवरोधक

censor^2 *vt* (पुस्तक, समाचार आदि में) काट-छाँट करना, आपत्तिजनक अंश निकाल देना [News emanating from a belligerent country is heavily ~ed]

censorious से॑न्सॉरियस *a* छिद्रान्वेषी, मीन मेख निकालने वाला

censorship *n* (समाचार, पुस्तक आदि के आपत्तिजनक अंशों की) काट-छाँट का काम, सेंसर कार्य, सेंसर व्यवस्था, सेंसर का पद, सेंसरी

censure से॑न्शर *n* & *vt* निन्दा, दोषारोपण, फटकार, भर्त्सना [to pass a vote of ~ on s.o.]; *vt* निन्दा करना, फटकारना, भर्त्सना करना [to ~ s.o. for sth]; **censurable** *a* निन्दनीय

census से॑न्सस *n* 1 गणना, 2 जनगणना, मर्दुमशुमारी; ~ return जनगणना-विवरण

cent से॑न्ट *n* 1 सौ, सैंकड़ा, शत; **per cent** प्रतिशत, फ़ी सदी, **cent per cent** शत प्रतिशत, सौ फ़ी सदी, 2 डालर आदि का सौवां भाग, सेंट

cental से॑न्टल *n* (अनाज तोलने के लिए) सौ पौंड का बाट

centaur से॑न्टॉर *n* (Gk *myth*) मानव के सिर और धड़ तथा घोड़े की टांगों वाला जीव, अश्व-मानव, नराश्व

centenarian से॑न्टिनेरियन *a* & *n* सौ साल का (व्यक्ति)

centenary से॑न्टीनरि *a* & *n* शतवर्षीय, सौसाला; *n* शतवार्षिकी, शताब्दी (-महोत्सव), जन्म शताब्दी (-समारोह)

centennial से॑न्टे॑नियल *a* & *n* सौ साल का, सौ साल तक रहने वाला, शतवर्षीय; *n* शताब्दी, शतवार्षिकी

centesimal से॑न्टे॑सिमल *a* शतांशीय, शतांशिक

centi- *comb form* शतांश **centigram(me)** ग्राम का शतांश, **centilitre** लिटर का शतांश

centigrade से॑न्टिग्रेड *a* सौ दर्जों वाला, जिसमें सौ दर्जे या डिग्रियां हों; ~ **thermometer** सेण्टीग्रेड थर्मामीटर (जिसमें पानी जमने के अंक से लेकर उबलने के अंक तक सौ दर्जे होते हैं) [N.B. Celsius is now the preferred term]

centimetre से॑न्टिमीटर *n* मीटर का शतांश= 0.394 इंच

centipede सेन्टिपीड *n* बहुत से पैरों वाला रेंगने वाला जन्तु, कनखजूरा

central से॑न्ट्रल *a* 1 केन्द्रीय, मध्यवर्ती, 2 मुख्य, प्रमुख, प्रधान, बड़ा, 3 ~ **heating** दीवारों के अन्दर लगी नालियों में भाप या गरम पानी फिरा कर इमारत को गरम रखना, अन्तस्तापन, 4 ~ **government** सारे देश की सरकार, केन्द्रीय सरकार; **~ly** *adv* मध्य में, बीचों बीच, केन्द्र में

centralize से॑न्ट्रलाइज़ *vi* & *t* 1 केन्द्रस्थ होना, केन्द्रस्थ करना, केन्द्रित होना या करना, 2 केन्द्र (अर्थात् केन्द्रीय शासन) के अधीन करना; **~d** *a* केन्द्रीकृत, केन्द्राधीन, **centralization** *n* केन्द्रीयकरण, केन्द्रीकरण

centre^1 से॑न्टर *n* & *a* 1 मध्य भाग, मध्य बिन्दु, मध्य, केन्द्र, 2 किसी प्रकार की कार्यवाही का मुख्य स्थान, केन्द्र [the shopping ~ of a town], 3 *polit* नरम गुट या दल, 4 ~ **of attraction** (*phys*) वह बिन्दु जिसकी ओर पदार्थ अपने भार के कारण आकर्षित होते हैं, आकर्षण केन्द्र; *fig* सब का ध्यान आकर्षित करने वाला, आकर्षण केन्द्र; *a* केन्द्र का, केन्द्रस्थित, केन्द्रीय, मध्यवर्ती

centre^2 *vi* & *t* 1 केन्द्रित होना या करना, केन्द्रीभूत होना या करना, to ~ **in, on, at, round, about,** sth किसी पदार्थ पर केन्द्रित होना [A businessman's interest usually ~s round money], 2 केन्द्र में या मध्य में लाना या रखना

centrifugal से॑न्ट्रिफ़्युगल *a* केन्द्र से भागने या दूर हटने वाला, केन्द्रापसारी, अपकेन्द्री, ~ force

अपकेन्द्री बल (अर्थात् वह बल जो केन्द्र के इर्द-गिर्द घूमने वाले पदार्थ को केन्द्र से दूर ले जाता है)

centripetal सेॅन्ट्रिपिटल *a* केन्द्र की ओर जाने वाला, केन्द्राभिमुख, अभिकेन्द्री, अभिकेन्द्रीय [~force]

centuple सेॅन्ट्युपल *a*, *n* & *vt* सौ गुना (करना)

centurion सेॅन्चुअरियन *n* 1 (रोमन सेना में) सौ सैनिकों का कमांडर, 2 एक प्रकार का टैंक, सेंचूरियन टैंक

century सेॅन्चरि *n* 1 सौ वर्ष का समय, 2 शताब्दी, सदी, 3 *crick* बल्लेबाज़ द्वारा एक पारी में किये गये सौ रन, शतक

ceramic सिरैमिक *a* मिट्टी के बर्तन बनाने से संबंधित, कुम्हारी उद्योग से संबंधित, ~ **industry** (चीनी) मिट्टी उद्योग, (चीनी) मिट्टी के बर्तन बनाने का उद्योग; ~**s** *n* चीनी मिट्टी के बर्तन बनाने की कला, कुम्हार का काम, मृत्तिका शिल्प

Cerberus सरबरस *n* (Gk *myth*) यमलोक के द्वार पर पहरा देने वाला तीन सिरों वाला कुत्ता; **Sop to** ~ अफ़सर या पहरेदार को खुश करने के लिए दी गई वस्तु, रिश्वत

cereal सियरियल *a* & *n* (usu in *pl*) अनाज, अन्न, धान्य, गल्ला; अनाज की बनी हुई चीज; *a* अनाज का (बना हुआ)

cerebellum सेॅरिबेॅलम *n* छोटा मस्तिष्क, मस्तिष्क का पिछला छोटा भाग, अनुमस्तिष्क

cerebral सेॅरिब्रल *a* 1 मस्तिष्क का, मस्तिष्क संबंधी, 2 मूर्धन्य; ~ **letters** मूर्धन्य अक्षर या वर्ण (ऋ, ॠ, ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष)

cerebration सेॅरिब्रेशन *n* मस्तिष्क का काम, मस्तिष्क व्यापार, मस्तिष्क-क्रिया, चिन्तन

cerebrum सेॅरिब्रम *n* मस्तिष्क, मस्तिष्क का मुख्य भाग, प्रमस्तिष्क

cerement सियर्मन्ट *n* (*arch* usu in *pl*) शव को दफ़नाने से पहले पहनाये जाने वाले वस्त्र

ceremonial सेॅरिमोनियल *a* & *n* रस्मी, रिवाजी, औपचारिक; *n* संस्कार, धार्मिक संस्कार, अनुष्ठान, रीति, रस्म, रिवाज ; समारोह

ceremonious सेॅरिमोनियस *a* रिवाज का पाबंद, प्रथा का अनुसरण करने वाला; नियम का पालन करने वाला; ~**ly** *adv* विधिपूर्वक, विधिवत्, आदरपूर्वक, शिष्टाचारपूर्वक

ceremony सेॅरिमनि *n* 1 संस्कार, अनुष्ठान [marriage, religious, ~], 2 (सामाजिक या राजकीय अनुष्ठान के अवसर पर होने वाला) समारोह [the opening ~]; **Master of Ceremonies** समारोह-संचालक, 3 अवसर-विशेष पर अपेक्षित आचरण, शिष्टाचार, उपचार, तकल्लुफ़; **to stand on** ~ आचरण के नियमों का दृढ़ता से पालन करना, औपचारिक ढंग से व्यवहार करना, तकल्लुफ़ करना

ceroplastic सियरोप्लैस्टिक *a* मोम का बना हुआ, मोमघटित, मोम की मूर्ति बनाने की कला से संबंधित; ~**s** *n* मोम की मूर्ति बनाने की कला

cert सर्ट *n* (*colloq*) अवश्यंभावी घटना या परिणाम

certain सर्टन *a* 1 निश्चित, नियत, पक्का, सन्देह-रहित, 2 अचूक, अवश्यंभावी, विश्वसनीय, 3 निर्विवाद, 4 जिसे विश्वास हो, I am ~ **of** success; I am ~ **that** I shall succeed मुझे विश्वास है कि मुझे सफलता मिलेगी; to know sth **for** ~ किसी बात को अच्छी तरह जानना, किसी बात का पक्का विश्वास होना, 5 (अनिश्चित के अर्थ में) कुछ, कोई, कई, A ~ John Smith came here जान स्मिथ नाम का कोई आदमी यहां आया; he made ~ suggestions उसने कुछ सुझाव दिये; ~**ly** *adv* निश्चय ही, निस्सन्देह, अवश्यमेव, ज़रूर; (उत्तर देने में) जी, हां, मानता हूं, अवश्य

certainty सर्टन्-टि *n* 1 पक्की बात, निश्चित बात, [That is a ~], 2 निश्चय, विश्वास, भरोसा, यकीन, 3 **for a** ~ निस्सन्देह; **a moral** ~ जिसकी नितान्त संभावना हो, जिसमें सन्देह की गुंजाइश कम हो, लगभग निश्चित बात

certificate सर्टिफ़िकट *n* & *vt* प्रमाणपत्र, सनद, सर्टीफिकेट; *vt* सर्टीफिकेट देना; ~d *a* प्रमाणपत्र प्राप्त [~d teacher]; **certification** *n* प्रमाण-पत्र देना, प्रमाणन, प्रमाणीकरण, तसदीक

certify सर्टिफ़ाइ *vt* & *i* 1 प्रमाणित करना, तसदीक करना, प्रमाण देना, 2 (डाक्टर का) किसी व्यक्ति को पागल करार देना, 3 *vi* to ~ **to** s.o.'s character किसी को सच्चरित्र प्रमाणित करना

certiorari L सर्शिअ-रारी छोटे न्यायालय से उच्च न्यायालय में मुकदमे के काग़ज़ात मंगवाने का आदेश, उत्प्रेषण-लेख, उत्प्रेषण-आदेश

certitude सर्टिट्यूड *n* विश्वास या निश्चय होना, निश्चितता, दृढ़ निश्चय

cerulean सिरूलियन *a* गहरे नीले रंग का

cerumen सिरूमेॅन *n* कानों की मैल, कर्णमल

cervical सर्विकल *a* गर्दन का, ग्रैव

cervine सर्वाइन *a* हिरन का, हिरन-जैसा

cess सेॅस *n* कर, उपकर, टैक्स, महसूल

cessation सेॅसेशन *n* (f. cease) समाप्ति, अन्त, रुकना, विराम, निवृत्ति, ~ **of hostilities** युद्ध-विराम, लड़ाई बन्दी, लड़ाई का रोक दिया जाना

cession सेॅशन *n* (f. cede) (अधिकार, सपत्ति और विशेषतः इलाका) छोड़ देना, दे देना, प्रदान करना, सौंप देना, अर्पण, त्याग

cesspit सेॅस्पिट *n* 1 कूड़े-करकट का गढ़ा, मलगर्त, 2 =foll

cesspool सेॅसपूल *n* 1 हौदी, मल-कुंड, 2 *fig* घर, अड्डा, केन्द्र [~ of corruption, iniquity, etc]

chafe चेफ़ *vt* & *i* & *n* 1 (गरमाने के लिये त्वचा को) रगड़ना, 2 रगड़ कर छील देना, 3 *vi* रगड़ से छिल जाना [A child's skin ~s easily], 4 खीझना, झुंझलाना, तिलमिलाना, लाल पीला होना,

ताव खाना, चिढ़ना **to ~ at, under, sth** किसी बात पर खीझना या तिलमिलाना [He ~d **at** the delay; he ~d **under** restraints]; *n* 1 रगड़, छिलन, 2 खीझ, झुंझलाहट

chaff^{1} चाफ़ *n* & *vt* 1 भूसा, भूसी, चोकर, 2 कुट्टी, कटा हुआ चारा, 3 नकली चीज़, व्यर्थ या निकम्मी चीज़, **to be caught with ~** आसानी से धोखे में आ जाना या फँस जाना, 4 **~-cutter** चारा काटने की मशीन, कुट्टी-मशीन, टोका; *vt* (चारा) काटना

chaff^{2} *n* & *vt* ठठोली, दिल्लगी, नोक झोंक, मज़ाक, उपहास; *vt* ठठोली, दिल्लगी (आदि) करना [to ~ s.o. **about** sth]

chaffer चैफ़र *vi* & *t* & *n* सौदा करना, मोल-भाव या मोल-तोल करना, मोल-भाव पर झगड़ना, क्रय-विक्रय में झिकझिक करना [to ~ **with** a trader **about** prices]; *n* मोल-भाव; झिकझिक

chaffinch चैफ़िन्च *n* (ब्रिटेन में पाई जाने वाली) गाने वाली चिड़िया

chagrin शैग्रिन *n* & *vt* घोर निराशा, आत्म-ग्लानि, खीझ, खिसियाहट, झुंझलाहट, कुढ़न, *vt* निराश करना, ठेस पहुंचाना, कुढ़ाना, ग्लानि पैदा करना [to be *or* feel ~ed **at** *or* **by** sth]

chain^{1} चेन *n* **1** ज़ंजीर [~ of a bicycle, dog, watch, etc]; श्रेणी, माला, शृंखला [a ~ of mountains]; परंपरा, क्रम, सिलसिला, लड़ी [a ~ of events, ideas, etc], **2** in *pl* (i) बेड़ी, शृंखला, जंजीर; (ii) कैद [The accused is in ~s], **3** (गले का) हार, माला [a gold ~], **4** (भूमि नापने की) जरीब = 66 फुट, **5** *comb:* **~-letter** शृंखला-पत्र (अर्थात् ऐसा पत्र जिसके पाने वाले से कहा जाता है कि वह उसकी प्रतियां बना कर अन्य लोगों को भेजे); **~-smoker** लगातार सिगरेट पीने वाला (जो एक सिगरेट के ख़तम होने से पहले उससे दूसरा सुलगा लेता है); **~-reaction** (*phys*) विखण्डन-शृंखला (जिसमें एक विखण्डन के फलस्वरूप दूसरा और दूसरे के फलस्वरूप तीसरा आदि हो); *fig* प्रतिक्रिया-शृंखला, घटनाओं का सिलसिला (जिसमें प्रत्येक घटना अपने से पूर्ववर्ती घटना का परिणाम होती है; **~- store** एक ही कंपनी की अनेक दुकानों में से एक, **शृंखला की दुकान**

chain^{2} *vt* **1** बांधना, जकड़ना, **2** बेड़ी डालना, हथकड़ी लगाना

chair चेअर *n* & *vt* कुर्सी, आसन, आसन्दी, चौकी, गद्दी, **to take a ~** बैठना, आसन, ग्रहण करना, **2** प्रोफ़ेसर का पद [the C~ of History], **3** मेयर का पद, **4** सभापति का आसन, सभापति का पद, सभापतित्व, **to be in the ~, to take the ~** सभापति होना, सभापतित्व करना, (बैठक की) कार्यवाही आरंभ करना, **to leave the ~** बैठक समाप्त करना, **5** सभापति, please address the ~ कृपया सभापति को संबोधित कीजिए; *vt* **1** गद्दी पर बिठाना, **2** (प्रतियोगिता, चुनाव आदि में जीतने वाले को) कुर्सी पर बिठा और कंधों पर उठा कर लिये फिरना, **3** सभापतित्व करना [to ~ a meeting]

chairman *n* सभापति, अध्यक्ष, प्रधान; **~ship** *n* सभापतित्व, अध्यक्षता

chaise शेज़ *n* चार पहिये की खुली गाड़ी

chalcedony, cal- कैल्सेडनि *n* बिल्लौर की तरह का कीमती पत्थर **(*e.g.* agate)**

chalcography कैल्कॉग्रफ़ि *n* तांबे पर नक्काशी करना, ताम्रोत्कीर्णन

Chaldean कैल्डीयन *a* & *n* **1** कैल्डिया या बेबीलोनिया का (निवासी), **2** भविष्यवक्ता, ज्योतिषी

chalet शैले *n* **1** स्विट्ज़रलैंड के पर्वतीय प्रदेश के ग्वाले का घर, **2** (वहां के किसान की लकड़ी की) कुटिया, **3** छोटा बंगला

chalice चैलिस *n* **1** प्याला, चषक, जाम, **2** *poet* फूल-कटोरी, कुसुम-चषक

chalk^{1} चॉक *n* **1** खड़िया, **2** सिलखड़ी, चाक मिट्टी, **3 as different as ~ from cheese** देखने में मिलते-जुलते परन्तु वस्तुतः बिलकुल भिन्न; **by a long ~, by long ~s** बहुत अधिक, अत्यन्त; **~y** *a* **1** खड़िया की तरह सफ़ेद, **2** जिसमें खड़िया बहुत पायी जाती हो, खड़ियामय

chalk^{2} *vt* **1** खड़िया से लिखना या निशान लगाना, **2** to **~ out** रूपरेखा तैयार करना, **to ~ out a plan** योजना (की रूपरेखा) तैयार करना

challenge चैलिंज *n* & *vt* **1** (द्वन्द्वयुद्ध या खेल के लिए) ललकार, चुनौती, **2** सन्तरी का आगन्तुक से पूछना कि 'कौन हो ?', ललकार ['Who goes there ?' is the ~], **3** आपत्ति, एतराज़, **4** कठिन काम; *vt* **1** ललकारना, चुनौती देना [to ~ s.o. **to** fight], **2** (सन्तरी का) ललकारना, **3** (बयान, साक्ष्य आदि पर) आपत्ति करना [to ~ a statement, decision, verdict, etc], मानने से इन्कार करना, अस्वीकार करना; (बयान की) सत्यता का प्रमाण माँगना, **4** to ~ s.o.'s right to do sth किसी से पूछना कि 'तुम्हें ऐसा करने का क्या अधिकार है', **5** to ~ admiration अच्छा लगना; to ~ attention बरबस ध्यान आकर्षित करना; **challenging** *a* कठिन किंतु रोचक [a challenging problem, task]

chamber चेम्बर **1** कमरा, कक्ष, **~ music** कक्ष-संगीत (अर्थात् जो प्रेक्षागृह के बजाय घर के किसी कमरे में प्रस्तुत किया जाये; **~ concert** कक्ष-संगीतसभा, **2** (संसद् का) सदन, **lower ~** निचला सदन, अवर सदन, **upper ~** उच्च सदन, उपरि सदन, **3 C~ of Commerce** व्यापार-मंडल, **4** **~-maid** (होटल में यात्रियों के लिये कमरों का प्रबन्ध करने वाली) परिचारिका

chamberlain चेम्बर्लिन *n* नरेश आदि के घरेलू काम-काज का प्रबन्ध करने वाला अधिकारी-विशेष

chameleon कमीलियन *n* **1** गिरगिट, **2** अस्थिर

वृत्ति (या स्वभाव) का आदमी; ~**ic** कमीलिओनिक *a* गिरगिट-जैसा, अस्थिर-चित्त

chamois शैम्वा *n* **1** एक प्रकार का पहाड़ी हिरन, **2** ~(-leather) बकरी, भेड़, हिरन आदि का नरम चमड़ा

champ चैम्प *vt* & *i* & *n* चपर-चपर (चारा) चबाना; *n* चबाने की क्रिया, चबाने का चपर-चपर शब्द

champagne शैम्पेन *n* फ्रांस में बनने वाली शराब की किस्में (जो प्राय: सफ़ेद होती हैं), शैम्पेन

champaign शैम्पेन *n* खुला मैदान

champerty चैम्पर्टि *n* (*law*) अपने से संबंध न रखने वाले मुकदमे में विवादग्रस्त संपत्ति का हिस्सा पाने के विचार से वादी या प्रतिवादी की सहायता करना, वादक्रय

champion चैम्पियन *n* **1** दूसरे की ओर से लड़ने या तर्क करने वाला, किसी के पक्ष का समर्थन करने वाला, पक्षपाती, समर्थक, हामी, **2** प्रतियोगिता में जीतने वाला खिलाड़ी, प्रतियोगिता-प्रदर्शनी में प्रथम आने वाला पशु या पौधा आदि, विजेता; *a* विजयी, सर्वोत्तम, सर्वप्रथम; ~ rose पुरस्कार-विजेता गुलाब; *vt* समर्थन करना, पक्ष लेना [to ~ a **cause etc**]; ~**ship** *n* **1** विजेता का पद, नेतृत्व, सरदारी, **2** पक्षसमर्थन, तरफ़दारी, हिमायत

chance¹ चांस *n* & *a* **1** आकस्मिक घटना, संयोग, दैवयोग, **by** ~ संयोगवश, **2** भाग्य, किस्मत, भवितव्यता, **games of** ~ भाग्य-परीक्षा या किस्मत-आज़माई के खेल (जैसे जूआ आदि), to leave everything to ~ हर बात भाग्य पर छोड़ देना, to leave nothing to ~ कोई बात भी भाग्य पर न छोड़ना (अर्थात् अपनी ओर से पूरी तैयारी करना), **to take a** ~, **to take** ~s किस्मत आज़माना (अर्थात् ऐसा काम करने को तैयार होना जिसमें ख़तरा भी हो), जोखिम उठाना, **to take one's** ~ यह सोचना कि जो होगा देखा जायेगा, जो होता है होने देना, भाग्य के भरोसे रहना, **3** संभावना, संभाव्यता, सफलता की संभावना, **to stand a** ~, **a good** ~, **a fair** ~ सफलता की आशा, बहुत आशा, काफी आशा, होना, the ~s are against you तुम्हारी सफलता की संभावना बहुत कम है; he hasn't the ghost of a ~ of succeeding उसकी सफलता की तनिक भी संभावना नहीं है; **on the chance, of doing sth, that** की संभावना के विचार से, संभावना समझते हुए [I came here on the ~ of seeing him], **4** अवसर, मौका, now's your ~ अब तुम्हारे लिये मौका है; to have a a good ~ अच्छा अवसर या मौका पाना; *a* अचानक (होने वाला), संयोगवश a chance meeting अचानक भेंट

chance² *vi* **1** संयोगवश (घटित) होना [I ~d to be there; it ~d that I was there], **2 to** ~ **up(on) sth** *or* **s.o.** संयोगवश (वस्तु) पाना या (व्यक्ति से) मिलना

chancel चांसल *n* (गिरजे का) वेदी के निकट पूर्वी भाग (जिसमें पादरी लोग, भजन मंडली आदि बैठते हैं)

chancellery चांसलरि *n* (see foll) **1** चाँसलर का पद या विभाग या सरकारी निवास, **2** राजदूत या वाणिज्यदूत के आवास से संलग्न कार्यालय, चाँसलरी

chancellor चांसलर *n* **1** (इंग्लैंड में) उच्च राजकीय अधिकारी अथवा न्यायविभाग का अधिकारी, **2** (जर्मनी आदि कुछ देशों में) प्रधानमन्त्री, **3** (विश्वविद्यालय का) कुलपति

chancery चांसरि *n* **1** राजदूत या चाँसलर का कार्यालय, चांसरी, **2** (इंग्लैंड में) हाईकोर्ट का विभाग-विशेष, **3** (सरकारी) अभिलेखागार

chancy चांसि *a* **1** अनिश्चित, **2** संकट का, जोखिम का, खतरनाक

chandelier शैन्ड-लियर *n* झाड़, फानूस

chandler चाड्लर *n* (*arch*) मोमबत्ती, तेल-साबुन, किराना आदि बेचने वाला

change¹ चेंज *n* **1** परिवर्तन, तबदीली, **2** एक चीज़ की जगह दूसरी चीज रखना, अदला-बदली, **3** दिल बहलाव; जलवायु बदलना I am going to the hills for a ~ मैं दिलबहलाव (अथवा जलवायु बदलने) के लिए पहाड़ पर जा रहा हूं, **4** (बड़े नोटों के बदले में) छोटे नोट, **5** (सौदा खरीदने के बाद) शेष रकम, बाकी पैसे, **6 small** ~ रेज़गारी, छोटे सिक्के, **7** ~ **(of clothes)** कपड़ों का दूसरा जोड़ा

change² *vt* & *i* **1** बदलना, एक चीज के बदले में दूसरी चीज लेना, अदला-बदली करना, **2** परिवर्तन करना; *vi* परिवर्तित होना, **3** कपड़े बदलना [I must ~ this shirt; *vi* It won't take me two minutes to ~], **4** नोट भुनाना या तुड़वाना, **5** a thing ~s hands एक चीज एक आदमी से दूसरे के पास चली जाती है, **6** to ~ houses मकान बदलना, to ~ sides पक्ष बदलना, to ~ trains गाड़ी बदलना; you'll have to ~ at Delhi तुम्हें दिल्ली में गाड़ी बदलनी होगी, **7** to ~ colour (चेहरे का) रंग उड़ जाना, रंग फक हो जाना, (लज्जा या खुशी से चेहरे का) लाल हो जाना, **8 to** ~ **front** (बहस में) अपनी दलील बदलना, रुख बदलना, पहलू बदलना, **9 to** ~ **one's mind** विचार या इरादा बदलना, मत या राय बदलना, **10 to** ~ **one's tune** (*or* **note**) ठंडा पड़ जाना, उदास हो जाना, धीमा पड़ जाना, **11** *vi* बदल जाना, परिवर्तित होना [to ~ **(from) into, to**]

changeable *a*, **1** परिवर्तनशील, परिवर्तनीय, **2** अस्थिर, ढुलमुल, डाँवाँडोल, **changeless** *a* अपरिवर्तनशील

changeling *n* (चोरी से) बदल कर रखा हुआ बच्चा या चीज

channel चैनल *n*, *vt* **1** नाला, नहर, छोटी नहर,

नाली, जलधारा, 2 दो समुद्रों को मिलाने वाली प्राकृतिक जलधारा जो जलडमरूमध्य से चौड़ी होती है, महाजलडमरूमध्य, 3 मार्ग, रास्ता, सारणी, माध्यम, साधन, **through proper channel** नियत सारणी द्वारा, नियत माध्यम द्वारा; **~s of communication** संचार-साधन, संवाद-साधन, सम्पर्क-साधन, 4 झिरी; *vt* 1 झिरी बनाना, 2 काट कर या खोद कर रास्ता बनाना, 3 मार्गनिर्देश करना

chant चान्ट *n* & *vi* & *t* 1 राग, गीत, 2 धुन, गीत का बन्द, लय, तरन्नुम; *vi*, *vt* गाना, अलापना, गुनगुनाना, to ~ the praises of s.o. किसी के सदा गुण गाते रहना, प्रशंसा या स्तुति करते रहना

chanty चान्टि *n* मल्लाहों या नाविकों का गीत (जो वे लंगर आदि उठाने में ज़ोर लगाते समय गाते हैं)

chaos केऑस *n* 1 शून्य, अभाव, प्रलय के बाद और सृष्टि से पूर्व की अवस्था, 2 अव्यवस्था, अस्त-व्यस्तता, गड़बड़, दुर्व्यवस्था, **chaotic** केऑटिक *a* अव्यवस्थित, अनियमित, गड़बड़ [The traffic here is chaotic]

chap^{1} चैप *n* & *vt* & *i* बिवाई; दरार, *vt* & *i* (त्वचा में) बिवाई फटना, (धरती में) दरार डालना या पड़ना, तड़कना, चटकना, फटना

chap^{2} *n* 1 usu in *pl* जबड़े (विशेषतः पशुओं के), गाल 2 in *sing* निचला जबड़ा; **~-fallen** *a* हतोत्साह, निराश

chap^{3} *n* लड़का, छोकरा, आदमी

chap-book *n* लोकप्रिय साहित्य की नमूने की पुस्तिका, गुटका

chapel चैपल *n* 1 (ईसाइयों का) पूजाघर, छोटा गिरजा; घर में बना गिरजा, 2 मुद्रण-शिल्पियों की सभा अथवा बैठक

chaperon शैपरोन *n* & *vt* उत्सवों या समारोहों में कुंआरी लड़की की देखभाल करने वाली विवाहित या प्रौढ़ स्त्री, संरक्षिका; *vt* (कुंआरी लड़की की) देखभाल करना, रक्षा करना, साथ रहना

chaplain चैपलिन *n* (किसी संस्था या रईस के निजी गिरजाघर का) पादरी; (सेना में या जहाज़ पर पूजा आदि करने वाला) पादरी

chaplet चैपलिट *n* 1 फूलों, पत्तों, रत्नों और सोने का बना सेहरा या शिरोहार, 2 (जपने की) छोटी माला, जपमाला, 3 गले की माला, कण्ठहार

chapman *n* (*arch*) फेरी वाला

chappie चैपि *n* (*colloq*)=chap^{3}

chapter चैप्टर *n* 1 अध्याय, परिच्छेद, स्कन्ध, सर्ग, **~ of accidents** मुसीबतों का सिलसिला, 2 *fig* प्रसंग, प्रकरण; **to give ~ and verse** (किसी उद्धरण का) ठीक-ठीक प्रसंग या प्रकरण बताना, अपने कथन के समर्थन में किसी प्रमाण-ग्रन्थ या प्रमाण-व्यक्ति का हवाला देना, 3 पादरी वर्ग, (पादरियों की) बैठक, सभा; **~-house** (पादरी-) सभाभवन

char चार *vi* & *t* झुलसना, झुलसाना, जला कर कोयला कर देना, जल कर कोयला हो जाना

charabanc शैर-बैंङ्क *n* (*arch*) सैर के लिए बस के समान बड़ी मोटर-गाड़ी

character कैरिक्टर *n* 1 (of person) चरित्र, चारित्र्य, चाल-चलन, आचार, सदाचार, चरित्रबल [He lacks ~]; **a man of ~** सदाचारी या चरित्रवान् पुरुष; **~-building** चरित्र-निर्माण, 2 ख्याति, नाम, साख, प्रतिष्ठा, **~ assassination** व्यक्ति के नाम पर बट्टा लगाना, प्रतिष्ठित व्यक्ति को बदनाम करना, प्रतिष्ठा-हनन, 3 (of thing, place, person) लक्षण, विशेषता, ख़ासियत, 4 (of person) शील, स्वभाव, प्रकृति; गुण, योग्यता, चरित्र; **in ~** स्वभाव के अनुकूल या सदृश; **out of ~** स्वभाव के प्रतिकूल या असदृश; **~ certificate** चरित्र-प्रमाणपत्र; **~ sketch** चरित्रचित्रण, 5 गण्य-मान्य व्यक्ति, बड़ा आदमी, 6 सनकी या निराला आदमी [He is quite a ~], 7 (उपन्यास, नाटक आदि का) पात्र, 8 हैसियत, रूप, 9 लिपि, अक्षर [Nagari, Persian, Roman, ~s]; **~less** *a* 1 चरित्रहीन, 2 विशेषतारहित, साधारण

characteristic कैरिक्ट-रिस्टिक *n* & *a* 1 विशेष गुण, वैशिष्ट्य, विशेषता, खास बात, खासियत, लक्षण, 2 (of logarithm) पूर्णांश; *a* विशेष, विशिष्ट, लाक्षणिक, विशेषता-सूचक, **~ of s.o.** किसी के स्वभाव या प्रकृति के अनुकूल या अनुरूप

characterize कैरिक्टराइज़ *vt* 1 (किसी की) विशेषता या लक्षण या खासियत बताना या होना, 2 (किसी को) विशेषता या लक्षण से युक्त करना, विशेषता देना, 3 किसी को (ऐसा-ऐसा) बताना, किसी के विषय में कहना कि वह ऐसा है, चरित्र-चित्रण करना, शीलनिरूपण करना, Valmiki has ~d Rama as self-controlled, obedient, truthful, dutiful, etc वाल्मीकि ने राम को संयमी, वश्य, सत्यवादी, कर्तव्यपरायण आदि आदि बताया या कहा है; **characterization** *n* 1 विशेषता का वर्णन; लक्षण-वर्णन, 2 चरित्रचित्रण

charade शराड *n* पहेली (जिसमें दिये हुए संकेतों से कोई शब्द बूझना होता है); *fig* बेमानी, बहाना

charcoal चार्कोल *n* लकड़ी का कोयला, कोयला; **~-burner** कोयला बनाने वाला

charge^{1} चार्ज *n* 1 भार, बोझ, 2 कार्यभार, ज़िम्मा, ज़िम्मेवारी, कर्तव्य, अधिकार, **to hand over ~** कार्यभार सौंपना, चार्ज देना, **to take over ~** कार्यभार संभालना, 3 देखरेख, देखभाल, रखवाली, निगरानी, a nurse in ~ of the child बच्चे की देखभाल करने वाली आया, a child in ~ of the nurse आया की निगरानी में रखा हुआ बच्चा, 4 वस्तु या व्यक्ति जो किसी के सुपुर्द किया गया हो, अमानत, 5 व्यय, खर्च, खर्चा, लागत, कीमत, दाम, मूल्य, I got this work done at my own ~ मैं ने यह काम अपने खर्चे से करवाया, **free of ~**

बिना भाड़े के, मुफ़्त, 6 दोष, दोषारोप, इलज़ाम, **to lay sth to s.o.'s ~** किसी पर कोई दोष लगाना, **to bring, lay, a ~ against s.o.** किसी पर कोई दोष लगाना, **~-sheet** आरोप-पत्र, अपराध-सूची, फ़र्द-जुर्म, 7 आदेश, हिदायत, judge's ~ to the jury पंचों के नाम जज की हिदायतें, 8 बारूद, बारूद की मात्रा, 9 *electr* विद्युत्-मात्रा, चार्ज, 10 (सैनिकों का) धावा, चढ़ाई, हमला, आक्रमण; (पशु का) प्रहार, **to return to the ~** फिर आरंभ करना, (बहस में) फिर से तर्क करना

charge^2 *vt* & *i* 1 (बन्दूक, तोप आदि) भरना, बारूद भरना, बिजली भरना; to ~ one's memory **with** facts, details, etc दिमाग में तथ्य, ब्यौरा आदि भरना, a student need not ~ his memory **with** unnecessary details विद्यार्थी को अपने दिमाग में अनावश्यक ब्यौरा नहीं भरना चाहिए, 2 सौंपना, सुपुर्द करना, ज़िम्मे करना, अधिकार में देना, **to ~ oneself with** अपने ज़िम्मे लेना, किसी काम का बीड़ा उठाना, 3 आदेश या हुक्म देना; हिदायत करना, ताकीद करना [I ~ you not to forget this], 4 आरोप लगाना, दोष लगाना, इल्ज़ाम लगाना, he was ~d **with** murder, theft, etc उस पर हत्या, चोरी आदि का आरोप लगाया गया, 5 मूल्य लगाना, खर्च लगाना, हिसाब में लिखना, to ~ (price) **for** sth किसी चीज का मूल्य लगाना या लेना; What do you ~ **for** this book? इस किताब का क्या लेते हो? यह किताब कितने में देते हो? to ~ (price) **to** s.o.'s account किसी के नाम लिखना या डालना, if you don't pay now, the shopkeeper will ~ it **to** your account अगर तुम अब कीमत अदा न करोगे, तो दुकानदार इसे तुम्हारे नाम लिख लेगा; the postage is ~d **to** the customer डाकखर्च खरीदार से लिया जाता है, 6 धावा बोलना, धावा करना, आक्रमण करना, टूट पड़ना

chargeable *a* (of person) दोषी ठहराने योग्य, आरोप लगाने योग्य, अभियोज्य; (of thg) मूल्य या दाम लेने योग्य, नाम या हिसाब में लिखने योग्य

charge d'affaires F शार्श्ज़े दै फ़ेॅअर उपराजदूत, कार्यनायक, कार्यदूत, दूत

charger चार्जर *n* (रिसाले का) घोड़ा, युद्धाश्व, *poet* कोई घोड़ा

chariness *n* (f. chary) सावधानी; संकोच; कंजूसी

chariot चैरियट *n* & *vt* रथ; *vt* रथ में बिठा कर ले जाना; **~eer** चैरियटियर *n* सारथी, सूत, गाड़ीवान

charisma करिज़्मः *n* 1 ईश्वरप्रदत्त गुण, दैवी प्रतिभा या शक्ति, चमत्कार, करिश्मा, करामात, 2 जनसमुदाय को अपना अनुयायी बना लेने का गुण, चमत्कारी शक्ति, मोहनी; **~tic** कैरिज़्मैटिक *a* 1 चमत्कारी, जादूई, करामाती, 2 दैवी प्रतिभायुक्त [a ~tic leader]

charitable *a* 1 दानशील, दानी, परोपकारी, 2 पुण्यार्थ, धर्मार्थ, खैराती; **~ endowment** धर्मार्थ निधि, 3 उदार, उदारचित्त, जो दूसरे लोगों या उनके काम के बारे में उदार दृष्टिकोण अपनाये

charity चैरिटि *n* 1 दान, दानशीलता, खैरात, भिक्षा, भीख, 2 अनाथालय, 3 दया, दयालुता, दीनवत्सलता, मानव-प्रेम, परोपकार, **charity begins at home** पहले अपने पीछे पराये, पहले अपनों को दो पीछे दूसरों को; **out of ~** दया की भावना से प्रेरित होकर, दया कर के, 4 ईर्ष्या या द्वेष से रहित होना, उदार विचार, उदारता, दूसरों के काम में खामखाह दोष न निकालना बल्कि उनकी नेकनीयती में विश्वास रखना [to judge other people with ~]

charivari शारिवारि *n* शोर-गुल, कोलाहल, बड़बड़ाहट

charlatan शार्ल-टन *n* 1 कठवैद्य, कूटचिकित्सक, नकली हकीम, 2 योग्यता का झूठा दावा करने वाला, दम्भी

charm^1 चार्म *n* 1 (जादू का) मन्त्र, जादू, टोना, टोटका, 2 तावीज़, गण्डा, कवच, 3 मुग्ध या मोहित करने वाला गुण, खूबी, सम्मोहन, मोहनी, 4 ~s सौन्दर्य्य, आकर्षण, शोभा, कान्ति

charm^2 *vt* 1 जादू करना, मन्तर फूंकना, 2 जादू की शक्ति प्रदान करना, जादू से सुरक्षित करना, he bears a ~ed life उसका जीवन जादू से सुरक्षित है, 3 मोह लेना, मुग्ध करना, लुभाना, अत्यन्त प्रसन्न करना, ~d to see you! आपसे मिल कर बड़ी खुशी हुई!

charmer *n* जादूगर; **snake-~** सपेरा

charnel-house चार्नल-हाउस *n* मुर्दों या उनकी हड्डियां रखने का स्थान, शवागार, मुर्दा-घर

chart चार्ट *n* & *vt* 1 (नाविकों के लिये) समुद्री मानचित्र (जिसमें तट-रेखा, चट्टानें आदि अंकित रहती हैं), 2 रेखाचित्र, नक्शा. चार्ट, तालिका; *vt* नक्शा या तालिका या चार्ट बनाना

charter^1 चार्टर *n* 1 (शासक या संसद् द्वारा दिया गया) अधिकारपत्र (विशेषतः कोई कंपनी या नगरपालिका की स्थापना के लिए), राजाज्ञापत्र, शासपत्र, फ़रमान, 2 घोषणापत्र, **the ~ of human rights** मानवाधिकार-घोषणा-पत्र, the ~ of the United Nations संयुक्तराष्ट्र का संविधान, 3 (भूमि का) पट्टानामा, अवक्रयपत्र, 4 अधिकार, विशेषाधिकार, **~ flight** किराये के विमान की उड़ान

charter^2 *vt* 1 अधिकार या विशेषाधिकार देना, **~ed accountant** शासपत्रित लेखाकार, लेखाकार संस्था का सदस्य; **~ed libertine** व्यक्ति जिसे कुछ भी करने की छूट हो, निरङ्कुश व्यक्ति, 2 पट्टे पर देना या लेना, 3 (बस, जहाज) किराये पर लेना

charter-party *n* जहाज के मालिक द्वारा व्यापारी को किराये पर जहाज देने के बारे में दोनों का करारपत्र; नौभाटिक-संविदा

charwoman चार्वुमन *n* (अमानी पर घर का काम करने वाली) नौकरानी

chary चे`अरि *a* 1 सावधान, सतर्क, चौकस, चौकन्ना, फूंक-फूंक कर कदम रखने वाला, 2 संकोची, to be ~ **of doing sth** किसी काम में सङ्कोच करना, 3 कृपण, कंजूस, ~ of praise कभी कभार ही या बहुत कम प्रशंसा करने वाला, प्रशंसा-कृपण; ~ of one's words कम बोलने वाला, मितभाषी

Charybdis करिब्-डिस *n* see Scylla

chase^{1} चेस *n* 1 पीछा (करना), **in ~ of** का पीछा करते हुए; **to give ~ to s.o.** किसी का पीछा करना, 2 **the ~** शिकार, मृगया; **a wild goose ~** (see wild *a*)

chase^{2} *vt* पीछा करना, रगेदना, खदेड़ना, मार भगाना, to ~ **from** *or* **out** of some place पीछा करके किसी जगह से निकाल देना, to ~ **away** a dog पीछा कर के कुत्ते को भगा देना; **~er** *n* पीछा करने वाला

chase^{3} चेस *vt* 1 (धातु पर) नक्काशी करना, खोदना, उत्कीर्ण करना, 2 झिरी बनाना

chase^{4} *n* 1 *print* लोहे का फ़्रेम (जिसमें पृष्ठ बनाने के लिए टाइप को कसा जाता है), फ़र्मा, 2 *archit* झिरी

chasm कैज़म *n* 1 खाई, खड्ड, गह्वर, 2 दरार, अन्तर, अन्तराल, शून्य, खाली जगह, 3 (व्यक्तियों या दलों के बीच) गहरा मतभेद, वैमत्य

chassis शैसि *n* (*pl* same शैसीज़) तोपगाड़ी या मोटर-गाड़ी का तला (जिस के ऊपर सीटें तथा ढांचा बनाया जाता है), चौकी , चौखटा

chaste चेस्ट *a* 1 शुद्धाचार वाला या वाली, सती, साध्वी, अव्यभिचारी, अव्यभिचारिणी, सदाचारी, सदाचारिणी, 2 (of *lang*) प्रांजल, शुद्ध, शिष्ट, 3 संयत, सरल, अनलंकृत, सीधा-सादा

chasten चेसन *vt* 1 (ईश्वर या दुःखों के द्वारा) सन्मार्ग पर लाना, पाप या दोषों से मुक्त करना, सदाचारी बनाना, सुधारना, 2 अनुशासित करना, नम्र या विनीत बनाना, esp. in *pp* [in a ~ed mood], 3 (भाषा, शैली को) शुद्ध या प्रांजल बनाना

chastise चैस्टाइज़ *vt* दण्ड देना, मारना, पीटना, खूब ख़बर लेना, मरम्मत करना, ताड़ना करना; **~ment** *n* दंड, सज़ा, मार, पिटाई, ठुकाई, ताड़ना

chastity चैस्टिटि *n* 1 सतीत्व, शील, पातिव्रत्य, कौमार्य, 2 जितेन्द्रियता, संयम, 3 (भाषा, शैली की) प्रांजलता, शुद्धता, सादगी

chat चैट *n* & *vi* बातचीत (करना), गपशप (करना या उड़ाना), घुल-मिल कर बातें करना; **to have a ~ with s.o.** किसी के साथ गपशप करना

chateau F शैटो, शातो (यूरोप में) गढ़ी, कोट, किला, दुर्ग, महल

chatelaine शैटलेन *n* 1 स्त्री की पेटी में लगी छोटी-छोटी जंजीरें जिनमें कुंजियां आदि बंधी रहती हैं, 2 गृहस्वामिनी

chattel चैटल *n* चल संपत्ति, माल असबाब, सामान, one's goods and chattels व्यक्ति का माल मत्ता

chatter चैटर *n* & *vi* (पक्षियों की) चहचहाहट, चहक, (मनुष्यों की) बकवास, बक-बक, बेमतलब का बोलना, लगातार बोलते जाना, (दान्तों का) कटकटाना, बजना, (मशीन के ढीले पुर्जों की) खट-खट; *vt* चहचहाना, बकवास करना, बक-बक करना, टरटर करना, **~box** बहुत बोलने वाला, बातूनी, वाचाल, गप्पी; **~er** = **~box**

chauffeur F शोफ़र *n* & *vt* 1 मोटरचालक, ड्राइवर, शोफ़र (fem. chauffeuse); *vt* (गाड़ी) चलाना

chauvinism शोविनिज़म *n* 1 उग्र राष्ट्रीयता, युद्ध-प्रियता, युद्ध पर उतारू होना, लड़ाकूपन, 2 (किसी बात का) उत्साहपूर्ण या ज़ोरदार समर्थन; **chauvinist** *n* 1 घोर देशप्रेमी जो (ज़रा सी बात पर) दूसरे देश के साथ झगड़ा करने को तैयार हो, 2 उत्साही समर्थक; **chauvinistic** *a* 1 उग्र देश प्रेम का, 2 उत्साहपूर्ण, जोशभरा, ज़ोरदार

cheap चीप *a* 1 सस्ता, अल्पमूल्य, कम दाम का, 2 कम महत्त्व का, निकम्मा, व्यर्थ, घटिया, तुच्छ, ओछा, क्षुद्र; to buy sth ~ कोई चीज सस्ती खरीदना); **dirt ~** मिट्टी के मोल, बहुत सस्ता; ~ and nasty सस्ता और निकम्मा; **to feel ~** (*sl*) तबीयत ठीक न होना, सुस्त होना, निरुत्साह होना, शरमिन्दा होना, उल्लू बनना, **to make oneself ~** अपनी कद्र खोना या गंवाना, ओछे काम पर उतर आना; **to hold sth ~** किसी चीज़ को तुच्छ समझना, कम महत्त्व का समझना, कद्र न करना; **~ money policy** ब्याज की दर कम रखने की नीति, अल्प-ब्याज-उधार नीति; **~ness** 1 सस्तापन, 2 घटियापन, तुच्छता

cheapen चीपन *vt* & *i* 1 सस्ता करना या होना, मोल घटाना या घटना, दाम तोड़ना, 2 गौरव या मान या कद्र कम करना या होना

cheat चीट *n* & *vt* & *i* 1 धोखा, छल, कपट, झांसा, 2 धोखेबाज़, ठग, छली, कपटी, झांसेबाज़; *vt* धोखा देना, छलना, ठगना, झांसा देना, to ~ s.o. out of sth किसी से कोई चीज़ ठग लेना; *vi* बेईमानी करना, (in exam) नकल मारना; **~ing** *n* धोखेबाजी, वंचना, प्रवंचना, चालाकी; नकल

check^{1} चे`क *n* 1 रोक, रुकावट, अटकाव, अवरोध; निरोध, अङ्कुश, नियन्त्रण, to keep sth in ~ किसी चीज को नियन्त्रण या काबू में रखना, to keep *or* hold the enemy in ~ शत्रु को रोके रखना, आगे न बढ़ने देना; **checks and balances** (अधिकारों के दुरुपयोग को रोकने के लिए) निरीक्षण एवं नियन्त्रण (के उपाय), 2 रोकने वाला व्यक्ति या चीज़, 3 जांच, पड़ताल, परीक्षण, निरीक्षण, 4 (शतरंज में), शाह पर दबाव, शहमात, 5 सामान या यात्री का शिनाख्ती कार्ड या पहचान-पत्र, 6

(युद्ध में) छोटी-मोटी हार या पराजय, 7 ~ **point** (गाड़ियों, लाइसेंसों आदि की) पड़ताल करने को चौकी, जाँच-चौकी, निरीक्षण-चौकी

check^{2} *vt & i* 1 रोकना, थामना, अटकाना, बाधा डालना, 2 जांच-पड़ताल करना, जांचना, जाँच करना, परीक्षण करना, 3 दबाना, दबाये रखना, 4 (शिकार में) शिकार की गंध लुप्त हो जाने पर या पुनः गन्ध पाने के लिए कुत्तों का रुक जाना, 5 (शतरंज में) शह देना, 6 **to ~ in** होटल या कारख़ाने आदि में पहुंच कर नाम दर्ज कराना; **to ~ out** बिल अदा कर के (होटल से) चला जाना; **~-out time** कमरा खाली करने का समय, **to ~ (on, up, up on)** हिसाब-किताब की जाँच-पड़ताल करना, मिलान करना; **to ~ up on s.o.** किसी के प्रत्यय-पत्र या पहचान-पत्र की जाँच-पड़ताल करना, **~-up** *n* सूक्ष्म (वि० डाक्टरी) परीक्षा वा जांच

checkmate चेॅकमेट *n & vt* 1 (in chess) शह्मात, ज़िच, 2 पूर्ण पराजय; *vt* 1 शह्मात देना, ज़िच करना, 2 रोकना और विफल कर देना [to ~ s.o., s.o.'s plans]

cheek चीक *n* 1 गाल, कपोल; **~ by jowl** पास-पास [the two friends were sitting ~ by jowl]; अति निकट, 2 गुस्ताख़ी, धृष्टता, निलर्ज्जता; **to have the ~ to say (*or* do) sth** कुछ कहने (या करने) की धृष्टता करना, 3 **~-bone** गण्डास्थि; **~y** *a* गुस्ताख़, धृष्ट; निर्लज्ज; **cheekiness** *n* गुस्ताख़ी, धृष्टता, निर्लज्जता, अशिष्टता

cheep चीप *n & vi* (चिड़ियों के बच्चों की सी) चीं-चीं, चूं-चूं; *vi* चूं-चूं या चीं-चीं करना

cheer^{1} चियर *n* 1 मिज़ाज, तबीयत, हाल-चाल, चित्तवृत्ति; (what ~ ? मिजाज कैसा है ?), **to be of good ~** आशावान् होना, धैर्य्य रखना, जी तगड़ा करना, 2 भोजन, खुराक, **to make good ~** खूब खाना-पीना, भोजोत्सव करना, 3 शाबासी, वाह-वाही, धन्य, जयध्वनि, हर्षध्वनि, करतल-ध्वनि, three ~s तीन बार हर्षध्वनि (हिप् हिप् हुर्रा)

cheer^{2} *vt & i* 1 **to ~ s.o. (up)** किसी को प्रोत्साहित करना, ढाढ़स बंधाना, सान्त्वना देना, दिलासा देना, 2 *vi* to ~ **up** खुश होना [the weary wayfarer ~s up at the sight of the rest-house], 2 *vt & i* जयध्वनि या हर्षध्वनि करना, शाबासी देना [The crowds are ~ing (the winner)]

cheerful *a* 1 (व्यक्ति) प्रसन्नचित्त, आनन्दित, संतुष्ट, हँसमुख, 2 (काम करने को) तैयार, राज़ी, 3 (समाचार, वार्तालाप, संगीत आदि) प्रसन्न करने वाला, आनन्द-दायक, सुखदायक, मज़ेदार; **~ly** *adv* सहर्ष, खुशी से, हँसी-खुशी

cheerless *a* 1 उदास, खिन्न, 2 उदास करने वाला, 3 नीरस, 4 सूना

cheerio चियरियो *int* (*colloq*) शाबास! खुश रहो! सुखी रहो !

cheery चियरि *a* 1 प्रसन्नचित्त, जिन्दादिल; प्रसन्न करने वाला, 2 सुखद, अनुकूल

cheese चीज़ *n* 1 पनीर, छेना, 2 *sl* बड़ा आदमी; बड़ी चीज़; 3 *comb* : **~-monger** मक्खन-पनीर आदि बेचने वाला, **~-paring** (i) कंजूस, (ii) कंजूसी; **cheesy** *a* 1 पनीर का-सा, पनीर-जैसा, पनीर के स्वाद का, 2 *sl* घटिया, सस्ता और निकम्मा

chef F शेॅफ़ *n* बड़ा खानसामा

chef-d'o euvre F शे-दव्र *n* मुख्य कृति, सर्वोत्तम या सर्वोत्कृष्ट कृति [Shakuntala is Kalidasa's ~]

chemical केॅमिकल *n & a* रसायन, रासायनिक द्रव्य या पदार्थ, रसद्रव्य; **fine ~s** लघु रसायन (जो थोड़ी मात्रा और शुद्ध रूप में प्रयुक्त होते हैं); **heavy ~s** गुरु रसायन (जो बड़ी मात्रा में उद्योग तथा कृषि में प्रयुक्त होते हैं); *a* रासायनिक, कीमियाई

chemise शिमीज़ *n* स्त्रियों की ढीली-ढाली बनियान या कुर्ती

chemist केॅमिस्ट *n* 1 रसायनशास्त्री, रसायनज्ञ, कीमियागर, 2 (अंग्रेज़ी-) औषधविक्रेता

chemistry केॅमिस्ट्रि *n* रसायन, रसायनविज्ञान, रसायनशास्त्र; applied *or* practical ~ व्यावहारिक रसायनशास्त्र

cheque चेॅक *n* चेक, हुंडी, **blank ~** कोरा चेक (जिसमें रकम नहीं लिखी रहती और पाने वाले को स्वेच्छा से रकम लिखने की छूट होती है), **crossed ~** रेखित चेक, रेखांकित चेक (जिसमें निर्दिष्ट नाम वाले व्यक्ति के खाते में ही चेक की रकम जमा की जा सकती है)

chequer^{1}, checker चेॅकर *n* (usu in *pl*) चारखाना (जिसमें शतरंज की बिसात की तरह वर्गाकार खाने होते हैं या जिसकी बनत में दो रंग बारी-बारी से आते हैं), ~ work (*arch*) शतरंजी चिनाई

chequer^{2}, checker *vt* चारखानेदार बनाना, रंग-बिरंगा बनाना; ~ed अनेक घटनाओं से पूर्ण, उतार-चढ़ाव वाला, रंग-बिरंगा; his career was a ~ed one उसने अपने कार्यकाल (या जीवन) में अनेक उतार-चढ़ाव देखे

cherish चेॅरिश *vt* 1 पालना-पोसना, लालन-पालन करना, 2 कद्र करना, मूल्यवान् समझना, 3 चाहना, प्यारा समझना, स्नेह करना, 4 (आशा, आकांक्षा, भावना आदि) दिल में (बनाये) रखना, संजोना, संजोये रखना [She ~es the hope that her son will return one day]

cheroot शरूट *n* चुरुट, सिगार जिसके दोनों सिरे खुले हों

cherry चेॅरि *n* बेर के आकार का गुठलीदार छोटा फल और उसका पेड़ (जो कश्मीर में बहुत होता है), चेरी, गिलास; **not to make two bites at a ~** निस्सङ्कोच काम करना, काम करने में न झिझकना,

chersonese कर्स-नीज़ *n* प्रायद्वीप

cherub *a* चेॅरब (*pl* **~s** *or* **~im**) 1 (in

Christianity) फ़रिशता, 2 भोला या सुन्दर शिशु; ~ic चिरूबिक *a* भोला

chess चे॑स *n* शतरंज; **~-board** शतरंज की बिसात या तख़्ती (जिसमें ६४ ख़ाने होते हैं), **~-men** शतरंज के मोहरे, शतरंज की गोटें

chest चे॑स्ट *n* 1 बक्स, सन्दूक, पेटी [tea-~, tool-~]; **~ of drawers** कपड़े रखने की अलमारी, 2 तिजोरी; *fig* तिजोरी में रखा रुपया-पैसा, खज़ाना, 3 छाती, सीना, वक्ष, वक्षस्थल; **to get sth off one's ~** (*colloq*) दिल पर बोझ डालने वाली बात कह कर बोझ हल्का कर लेना [Get it off your ~]

chesterfield चे॑स्टर्फ़ील्ड *n* एक प्रकार का ओवर-कोट, चेस्टर

chestnut चे॑स्नट *n* & *a* 1 बादाम जाति का पेड़; उसका फल और लकड़ी, 2 लाल भूरा रंग, कुम्मैत, 3 कुम्मैत घोड़ा; *a* लाल-भूरा

chevalier शे॑व-लियर *n* प्राचीन फ्रांसीसी कुलीन वर्ग का योधा, नाइट; ~ of industry सट्टेबाज़, ठग

chevrotain, -tin शे॑व्र-टेन,-टिन *n* छोटा कस्तूरी-मृग

chew चू *vt* & *i* & *n* 1 (भोजन आदि) चबाना, (तम्बाकू) खाना, 2 **to ~ over** (*or* **upon**) **sth** किसी विषय में ऊहापोह करना, सोच-विचार करना, उधेड़-बुन में लगा होना, 3 **to ~ the cud** (i) जुगाली करना, (ii) सोचना, बीती घटना पर विचार करना, **to ~ the rag** (*sl*) पुरानी शिकायत दुहराना; **~ing gum** (चबाने के लिए) सुगंधित मीठागोंद, चूइंगम; *n* 1 चर्वण, 2 (तम्बाकू की) सुरती

chiaroscuro कियारस्क्यु्अरो *n* & *a* धूप-छाँव, चित्रकारी में धूप-छाँव का चित्रण, प्राकृतिक दृश्यों में धूप-छाँव, साहित्य आदि में विविध तथा (हर्ष-शोक आदि) विरोधी भावों का वर्णन; *a* अर्द्धोक्त, अर्द्धव्यक्त, अर्द्धप्रकट

chic शीक *n* & *a* 1(of clothes, their wearer) सुरुचि, शान, फबन, 2 कौशल, चातुरी; *a* सुरुचिपूर्ण, शानदार ; सुरुचिसम्पन्न

chicane शिकेन *vt* & *i* & *n* 1 ठगना, झांसा देना, to ~ s.o. **into** doing sth झांसा देकर किसी से कोई काम करवाना, to ~ s.o. **out of** sth किसी से कोई चीज़ ठग लेना, 2 वाक्छल करना, कुतर्क करना, हुज्जत करना, 3 जालसाज़ी करना, चालबाज़ी करना; *n* = chicanery

chicanery शिकेनरि *n* 1 वाक्छल, कुतर्क, हुज्जत-बाज़ी, 2 जालसाज़ी, चालबाज़ी, धोखा, ठगी, झाँसा

chick चिक *n* चूज़ा, चिड़िया का बच्चा, पक्षी या मुर्गी आदि का बच्चा, **to have neither ~ nor child** कोई बच्चा न होना, निस्सन्तान होना

chicken चिकिन *n* [*pl* ~s *or* ~] 1 चूज़ा आदि (see prec), 2 चूज़े का मांस; 3 (अनुभवहीन) नवयुवक या नवयुवती, बच्चा, बच्ची, he (*or* she) is no ~ वह बच्चा (या बच्ची) नहीं है; **to count one's ~s before they are hatched** (शब्दार्थ-चूज़े निकलने से पहले ही गिनने लगना कि इतने होंगे); *fig* बहुत अधिक आशावादी होना, बहुत जल्दी करना, उतावली मचाना, जल्दबाज़ होना; 4 *comb:* **~-hearted** डरपोक, कायर, भीरु, बुज़-दिल; **~-pox** छोटी माता, बच्चों की छोटी चेचक

chicory चिक-रि *n* नीले फूलों वाला पौधा; कासनी

chide चाइड *vt* & *i* (*arch or liter*) डांटना, फटकारना, झिड़कना, भर्त्सना करना, धमकाना, बुरा भला कहना, घुड़कना [**to ~** s.o. **for (doing) sth**]

chief^{1} चीफ़ *n* 1 नेता, राजा, मुखिया, सरदार, चौधरी, 2 (विभाग का) अध्यक्ष, मुख्य अधिकारी, अधिष्ठाता, **Chief of Staff** सेनाध्यक्ष, 3 **in ~** मुख्यतः, प्रधानतः, विशेषतः (for many reasons, and this one **in ~** कई कारणों से और मुख्यतः इसलिए कि), 4 **-in-chief** सर्वोच्च; **Commander-in-Chief** सर्वोच्च सेनापति; editor-in- ~ प्रधान संपादक

chief^{2} *a* 1 मुख्य, बड़ा, प्रधान, परम, विशेष, खास, सर्वोपरि, **Chief Justice** मुख्य न्यायाधीश या न्यायमूर्ति; **~ly** मुख्यतः, प्रधानतः, विशेषतः

chieftain चीफ़्टन *n* मुखिया, सरदार, डाकुओं या लुटेरों या कबीले का सरदार; **~cy, ~ship** *nn* सरदारी, चौधरीपन, नायकत्व, नेतृत्व

chiff-chaff चिफ़-चैफ़ *n* गानेवाली चिड़िया-विशेष

chiffon F शिफ़ों॑न *n* जाली (का कपड़ा), शिफ़ान

chilblain चिल्ब्लेन *n* (सर्दी से पड़ने वाला) छाला

child चाइल्ड *n* (*pl* **~ren**) 1 बच्चा, बच्ची, बालक, बालिका, शिशु, (from a ~ बचपन से लेकर), 2 सन्तान, सन्तति, औलाद, वंशज, 3 अनुयायी, अनुवर्ती, 4 **to be with ~** गर्भवती होना; **~'s play** आसान काम, बच्चों का खेल; **~ish** *a* बच्चों का सा, बचकाना; **~less** *a* निस्सन्तान, बे-औलाद; **~like** *a* बच्चे की तरह भोला, बालसुलभ, बालोचित

childhood *n* बचपन, शैशव, बाल्यावस्था, **second ~** सठियाना, बुड़भस, दिमागी कमज़ोरी; **he is in** his second ~ वह सठिया गया है

chill^{1} चिल *n* 1 सर्दी, ठंड, ठिठुरन और ज्वर, जूड़ी; to catch a ~ ठंड लग जाना; **to take the ~ off water** पानी गुनगुना करना, 2 उदासी, उत्साहहीनता, **to cast a ~ over** दिल तोड़ना, उत्साह भंग करना, उदासी छा जाना [the news of the defeat cast a ~ over the country], 3 रुखाई

chill^{2} *a* (*liter*) 1 कुछ-कुछ ठंडा [a ~ breeze], 2 जिसे ठंड लग गई हो, 3 रूखा, भावनाशून्य [a ~ welcome]

chill^3 *vt* & *i* 1 ठंडा करना; सर्दी लगना, 2 पाला मार जाना, 3 (जी) तोड़ना, (उत्साह) भंग करना या होना [Don't ~ their enthusiasm]

chilli चिलि *n* (*pl* ~es) सुखाई हुई लाल मिर्च

chilly चिलि *a* 1 तनिक ठंडा (जो स्पर्श करने में अच्छा न लगे), 2 जिसे ठंड लग गई हो, I feel ~ मुझे ठंड लग गई है; 3 (मौसम आदि) ठंडा, सर्द; it is getting ~ ठंड होने लगी है, 4 (व्यक्ति, स्वभाव आदि) रूखा, शुष्क, ~ politeness रूखी शिष्टता

chime^1 चाइम 1 *n* एक स्वर से (थोड़े-थोड़े अन्तर पर) बजने वाली घंटियां, 2 ऐसी घंटियों की सुरीली आवाजें, घंटाध्वनि, गजर, झंकार, 3 सुर, ताल, लय, स्वरसंगति, 4 समन्वय, तालमेल, सामंजस्य, अनुरूपता

chime^2 *vt* & *i* 1 (घंटी या घंटियां) बजाना, 2 घंटियों की आवाज से (समय) बताना, (घंटा) बजाना [the bells ~d 10 o'clock], 3 **to ~ in** सहमति व्यक्त करने के लिए दूसरों की बातचीत के बीच में (कुछ) बोल उठना, 4 *vi* हां में हां मिलाना, सुर में सुर मिलाना [He ~d in]; **to ~ (in) with** मेल खाना, अनुकूल होना [my plan ~s in with yours]; **to ~ together** परस्पर सामंजस्य होना, मेल खाना, 5 (of bells) साथ-साथ बजना, गूंजना

chime^3, **chimb** *n* (पीपे का उभरा हुआ) किनारा

chimera, -aera काइमियरः *n* 1 Gk *myth* सिंह के मुंह और बकरे के धड़ तथा सांप की पूंछ वाला काल्पनिक दैत्य, 2 दोगला प्राणी, दोगली वस्तु, 3 काल्पनिक डर या डरावनी वस्तु, हौआ, भूत, 4 कपोलकल्पना, असंभव बात

chimerical काइमेरिकल *a* 1 कल्पित, कपोलकल्पित, काल्पनिक, मिथ्या, निराधार [~ ideas, plans]

chimney चिम्नि *n* 1 (अंगीठी, भट्ठी, इंजन आदि से) धूआं या भाप निकलने का रास्ता, धूआंकश, चिमनी, **~-stalk**, **~-top** चिमनी का सिरा जो छत के ऊपर होता है; **~-stack** साथ-साथ बनी हुई चिमनियों के सिरे, **~-corner** दीवार में बनी अंगीठी के पास बैठने की जगह; **~-sweep**=**~-sweeper** चिमनी (की कालिख) साफ़ करने वाला, 2 लैम्प की (कांच की) चिमनी, 3 (mountaineering) दरार जिस से पहाड़ पर चढ़ा जा सकता है

chimpanzee चिम्पैन्जि *n* मनुष्य से मिलता-जुलता अफ्रीकी लंगूर, बनमानुष, चिम्पांजी

chin चिन *n* ठोड़ी; ठुड्डी; **to keep one's ~ up** (*colloq*) कष्ट का साहसपूर्वक सामना करना, हिम्मत न हारना

China^1 चाइनः *a* चीन का [~ silk, ~ tea]; **Chinatown** चीनी महल्ला

china^2 *n* 1 (also **~ clay**) चीनी मिट्टी; **~ (ware)** चीनी के बर्तन

chine चाइन *n* 1 रीढ़ की हड्डी, मेरुदण्ड, 2 मेरुदण्ड (के किसी भाग) का गोश्त, 3 पर्वतपृष्ठ का संकरा भाग

Chinese चाइनीज *a* & *n* (*pl* same), चीनी (व्यक्ति या भाषा); **~ puzzle** दुरूह पहेली, गोरखधन्धा

chink^1 चिङ्क *n* छेद, छिद्र, सूराख, दरार (वि० दरवाजे की दरार जिससे झंका जा सके)

chink^2 *n* & *vi* & *t* 1 शीशे के बर्तनों या सिक्कों के बजने की आवाज, झनकार, खनक, [I heard a ~ of coins]; *vi* & *t* खनकना; खनकाना झनकना, झनकारना

chintz चिन्ट्स *n* & *a* रंग-बिरंगी छपाई का सूती कपड़ा, छींट; *a* छींट का, *fig* घटिया

chip^1 चिप *n* 1 लकड़ी से काटा हुआ छोटा टुकड़ा, पत्थर से टूटा या तोड़ा हुआ छोटा टुकड़ा, चिप्पी, 2 (आलू या फल का चाकू से काटा हुआ) पतला टुकड़ा, 3 लकड़ी को चीर कर बनाये गये लंबे चपटे टुकड़े; खपची; **he is a ~ off** *or* **of the old block** वह बिल्कुल बाप-जैसा है, जैसा बाप वैसा बेटा; dry as a ~ नीरस, फीका, रूखा, अरुचिकर, 5 सिक्का, (सिक्के के रूप में प्रयुक्त प्लास्टिक की) चकती

chip^2 *vt* & *i* (-pp-) 1 लकड़ी से छोटा टुकड़ा काट देना, छीलना, (चीनी के बर्तन, पत्थर से) छोटा टुकड़ा टूट जाना या तोड़ना, उपाड़ना, 2 **to ~ in** बीच में बोल उठना, to chip **off** (रोगन का) छिल जाना, उतर जाना; [the paint is chipping off at some places]; **chipping** *n* छीलन, टुकड़ा

chippy *a* (*sl*) अस्वस्थ; चिड़चिड़ा

chirp चर्प *vi* & *t* & *n* 1 (पक्षियों का) चहचहाना, चहकना, कलरव करना, कूजना, गूंजना, 2 तुतलाना, मजे से बातें करते जाना, धीमे स्वर में बोलना; *n* चहचहाहट, चहक, कलरव, कूजन

chirrup चिरप *vi* & *n* चहचहाना, चहचहाहट

chisel चिजल *n* & *vt* छेनी, रुखानी; *vt* छेनी से काटना या तराशना या गढ़ना, **chiselled features** गढ़े हुए नक्श; the ~ संगतराशी (की कला), मूर्तिकला

chit^1 चिट *n* 1 छोटा बच्चा, 2 *derog* दुबली पतली लड़की या स्त्री [she is a ~ of a girl]

chit^3 *n* (Anglo-Ind) चिट, पर्ची, रुक्का

chit-chat चिट्-चैट *n* & *vi* गप शप (करना)

chivalrous शिवल्रस *a* 1 वीरतापूर्ण, वीरोचित, साहसपूर्ण, पराक्रमपूर्ण; साहसी, बहादुर, 2 शिष्ट, शिष्टतापूर्ण, उदार, उदारतापूर्ण, स्वार्थरहित, दीनवत्सल, दीनबन्धु

chivalry शिवल्रि *n* 1 शौर्य, वीरता, बहादुरी, 2 दाक्षिण्य, शिष्टता, शिष्टतापूर्ण व्यवहार, नागरता, 3 निर्बलों की सहायता करने की प्रवृत्ति, दीनबन्धुता, दीनवत्सलता, 4 मध्ययुगीन यूरोप में वीरता की विशेष परम्परा जिसके अनुसार नाइट (knights) साहसिक काम करने, जोखिम उठाने और दीन-दुखियों की–विशेषतः महिलाओं की—सहायता करने को सदा

तैयार रहते थे

chloride क्लॉराइड *n* क्लोरीनयुक्त (रासायनिक) पदार्थ, sodium ∼ = common salt नमक; **chlorinate** *vt* क्लोरीन-युक्त करना, क्लोरीन मिलाना; **chlorine** क्लॉरीन *n* पीले-हरे रंग की दुर्गन्धयुक्त गैस, क्लोरीन

chloroform क्लॉ`र-फ़ॉर्म *n* & *vt* पानी की तरह साफ़ तरल पदार्थ जिसके सूंघने से बेहोशी आ जाती है, क्लोरोफ़ार्म; *vt* क्लोरोफ़ार्म सुंघाना, बेहोश करना

chlorophyll क्लॉ`र-फ़िल *n* पदार्थ-विशेष जिससे पेड़-पौधों में हरा रंग आ जाता है, पर्णहरित, क्लोरोफ़िल

chock चॉ`क *n* & *vt* लकड़ी का गुटका या पच्चर (जो पीपे या पहिये को रोके रखने के काम आता है), अड़ास; *vt* 1 (कुर्सी-मेज आदि में) पच्चर ठोंकना, 2, कील या मेख ठोंकना, 3 to ∼ **(up)** ठसाठस भरना, खचाखच भरना; ∼**-full** *a* ठसाठस या खचाखच भरा हुआ [the room was ∼-full]

chocolate चॉ`कलिट *n* & *a* चाकलेट; *a* (रंग) गहरा भूरा, गहरा कत्थई

choice चॉ`इस *n* & *a* 1 चुनना, चुनाव, चयन, वरण, **for** ∼ यदि चुनना ही हो तो, 2 पसन्द, रुचि, मर्ज़ी, the girl of one's ∼ अपनी पसन्द की लड़की; **to take one's** ∼ पसन्द करना, जो अच्छा लगे वह करना; to have one's ∼ अपनी मर्ज़ी से चुन सकना, 3 विविध पदार्थ जिनमें से कोई एक चुना जा सके, you have a wide ∼ बहुत सी चीज़ें हैं जिनमें से तुम चुन सकते हो, 4 विशिष्ट वर्ग, चुने हुए लोग, चुनी हुई चीज़ें, छांट, 5 विकल्प, दूसरा उपाय या रास्ता या चारा, you have **no** ∼ **but** to go तुम्हारे लिये जाने के सिवाय कोई और रास्ता नहीं है; *a* चुना हुआ, छाँटा हुआ, बहुत अच्छा, बढ़िया, सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम [∼ fruit]

choir, quire क्वाइअर *n* & *vt* & *i* 1 गिरजे की भजनमंडली, गायक मंडली, 2 गिरजे में भजन मंडली के बैठने का स्थान, 3 (कोई भी) गायक दल, गवैयों की टोली, 4 नर्तक मंडली; *vt* & *i* मिल कर गाना, समवेत गान करना

choke^{1} चोक *vt* & *i* 1 गला घोंटना या घुटना, दम घुटना, साँस रुक जाना, 2 गले में फँस जाना, 3 (आवेश या क्रोध के मारे) बोल न पाना, आवाज़ न निकलना; her voice was ∼d **with** sobs सिसकियों के कारण उसकी आवाज़ न निकल पाती थी, 4 (हवा रोक कर आग को) बुझा देना, (प्रकाश रोक कर पौधे को) मार डालना, सुखा डालना, 5 भावों या भावनाओं को दबा देना या व्यक्त न होने देना, 6 नली या नाली आदि को पूरा या थोड़ा रोक देना; the drain is ∼d **with** garbage कूड़े से नाली रुकी पड़ी है; the chimney is ∼d **with** soot कालिख से चिमनी रुकी पड़ी है, 7 ठसाठस भरना

choke^{2} *n* (in petrol engine) हवा नियन्त्रित करने का वाल्व, चोक

choler कॉ`लर *n* 1 पित्त, 2 *poet*, *arch* क्रोध, गुस्सा, क्रोधी स्वभाव; ∼ic *a* क्रोधी

cholera कॉ`लरः *n* विषूचिका, हैज़ा

cholesterol कलें`स्टरॉ`ल *n* (*chem*) वह पदार्थ जिसके कारण धमनियां कठोर और तंग हो जाती हैं

choose चूज़ *vt* & *i* (chose, chosen) 1 चुनना, छाँटना, पसन्द करना, they chose him king; he was chosen king उसे राजा चुना गया, 2 ठीक समझना, अच्छा समझना, बेहतर समझना, he chose to study medicine rather than engineering उसने इंजीनियरी की अपेक्षा डाक्टरी पढ़ना बेहतर समझा, 3 *vi* निश्चय करना, निर्णय करना, ठान लेना, इरादा करना [I asked him to stay but he chose to go], 4 **to pick and** ∼ बड़े ध्यान से चुनना, छाँटना, छाँट कर लेना, ठोंक बजा कर लेना, 5 **there is nothing to choose between them** वे दोनों लगभग एक से हैं

choos(e)y चूज़ि *a* (*colloq*) बड़े ध्यान से चुनने वाला, ठोंक बजा कर लेने वाला, सहज में सन्तुष्ट न होने वाला, दुस्तोषणीय

chop^{1} चॉ`प *vt* & *i* 1 (कुल्हाड़ी आदि के प्रहार से) काटना, to ∼ sth to pieces किसी चीज को काट के छोटे-छोटे टुकड़े करना, to ∼ **up** छोटे-छोटे टुकड़े करना, to ∼ **off, away** काट कर अलग कर देना, 2 to ∼ **at** (कुल्हाड़ी) से प्रहार करना; to ∼ **back** एकाएक पीछे मुड़ना, पलटना

chop^{2} *n* 1 (काटने के लिये किया गया) कुल्हाड़ी का प्रहार, 2 मांस की बोटी, तिक्का

chop^{3} *vt* & *i* & *n* 1 बदलना, बदल जाना; **to** ∼ **and change** (*emphatic for* to change) अस्थिर चित्त होना, बार-बार मत या इरादा आदि बदलते रहना [He is ∼ping & changing], 2 **to** ∼ **logic** परस्पर तर्क-वितर्क करना, (दो व्यक्तियों का) पक्ष-विपक्ष में दलीलें देना

chopper चॉ`पर *n* 1 काटने वाला, 2 गँड़ासा, तकुआ, 3 कसाई का छुरा, 4 लम्बे फल वाली कुल्हाड़ी

chopstick चॉ`प्स्टिक *n* हाथीदान्त आदि की चपटी तीली; ∼s ऐसी दो तीलियां जिन्हें एक हाथ में पकड़ कर चीनी लोग खाना खाने के लिए काँटे की तरह इस्तेमाल करते हैं, चीनी काँटा

choral कॉरल *a* (f. choir, chorus) भजनमंडली का, भजनमंडली द्वारा गाया हुआ; समवेत रूप से या मिलकर गाया हुआ; समवेत गान या वृन्दगान संबंधी, ∼ service (गिरजे में उपासनार्थ) समवेत गान; full ∼ service जिसमें दो भजनमंडलियां उत्तर-प्रत्युत्तर रूप में गीत गाती हैं

chord^{1} कॉर्ड *n* 1 (सारंगी, वीणा आदि का) तार, तंत्र; (*fig*) **to touch the right** ∼ किसी के मन की बात कहना, जी को लगती बात कहना, 2 (*arch* in this sense *cord* is now used) शरीर का,

तांत जैसा अंग, *e.g.* **vocal** ~ स्वर-तन्त्री, **spinal** ~ मेरु-दण्ड, रीढ़ की हड्डी, 3 *math* चाप के सिरों को मिलाने वाली रेखा, चापकर्ण, जीवा

chord² *n* (*mus*) दो या अधिक स्वरों का संयोग, स्वरसंघात, **common** ~ सामान्य स्वरसंघात

chore कॉर *n* (छोटा-मोटा) काम, प्रतिदिन का काम, अरुचिकर काम, domestic ~s घर (की सफ़ाई आदि) का काम

choreography को`रियो`ग्रफ़ि *n* 1 संगीतनृत्यनाटक रचना, रंगमंचीय नृत्य की विधि का निर्देश, 2 नृत्यकला

chorion कॉरियन *n* गर्भ के बाहर की झिल्ली, जरायु

chorister कॉरिस्टर *n* (f. choir) गायकमंडली का सदस्य, वृन्द-गायक

chorography करो`ग्रफ़ि *n* भौगोलिक प्रदेश या प्रदेशों का विधिवत् वर्णन, प्रदेशवर्णन (cf. topography)

chorology करो`लजि *n* भूगोल की शाखा जो बताती है कि किस प्रकार के प्राणी या पौधे किस-किस प्रदेश में पाये जाते हैं, जीवभूगोल

chortle चॉर्टल *n* & *vi* ठहाका (मारना), अट्टहास (करना)

chorus कॉरस *n* & *vt* & *i* 1 गायक मंडली, भजन मंडली, 2 समवेत गान, समूहगान, वृन्दगान, 3 अनेक व्यक्तियों का एक साथ बोलना या गाना; **in** ~ सब मिलकर, एक साथ [to sing, answer, in ~], 4 गीत या भजन की टेक (जिसे भजनमंडली के अतिरिक्त दर्शक-गण भी मिलकर गाते हैं)

chrematistic क्रीमटिस्टिक *a* धनोपार्जन-संबंधी, आर्थिक, **chrematistics** *n* धनोपार्जन, अर्थशास्त्र

chrism क्रिज़म *n* अभिषेकार्थ पवित्र तेल या उबटन

Christ क्राइस्ट *n* 1 मसीहा, धर्मावतार, 2 जगत् का उद्धार करने वाला, 3 ईसा की उपाधि (जो उसके नाम का पर्याय एवं अंग बन गई है), *e.g.* Jesus Christ ईसा मसीह

christen क्रिसन *vt* & *i* 1 बपतिस्मा देकर ईसाई बनाना, बपतिस्मा देना, ईसाई धर्म में दीक्षित करना, 2 नामकरण करना, नाम देना, नाम रखना, he was ~ed Philip उसका नाम फ़िलिप रखा गया

Christendom क्रिसन्डम *n* ईसाई जगत्, सारे ईसाई लोग, सारे ईसाई देश

Christian **क्रिस्चन**, क्रिस्टियन *a* & *n* 1 ईसाई, मसीही, 2 पुण्यात्मा, ईसा के समान; ईसा-जैसा; सदाचारी, 3 *sl* सभ्य, शिष्ट, to behave like a decent ~ सभ्य या शिष्ट आचरण करना, ~ **name** बपतिस्मा देते समय रखा गया व्यक्तिगत नाम (*e.g.* In the name Charles Dickens, Charles is the ~ name and Dickens the surname), ~ era ईस्वी सन् या संवत् (जिसकी गणना ईसा के अनुमानित जन्म काल से की जाती है), ~ **science** ईसाई चिकित्सा-पद्धति (जिसमें रोग का इलाज दवा से नहीं बल्कि रोगी के ईसाई-विश्वास की शक्ति से किया जाता है)

Christianity क्रिस्टियैनिटि *n* 1 ईसाई धर्म, ईसाइयत, 2 ईसाईपन, 3 ईसाइयों का-सा सदाचार, ईसाइयों के-से गुण

Christianize *vi* & *t* ईसाई बनना या बनाना

Christmas क्रिस्मस *n* (*abbr* **Xmas**) ईसा का जन्मदिन, २५ दिसम्बर, बड़ा दिन, ईसा का जन्मोत्सव, क्रिसमस; ~ comes but once a year उत्सव हर रोज़ नहीं होता; ~ **eve** २४ दिसम्बर, ~-tide क्रिसमस के दिन, क्रिसमस-काल, २४ दिसम्बर से लेकर ७-८ दिन का समय, ~-**tree** क्रिसमस-वृक्षक, बत्तियों आदि से सजाया गया छोटा-सा पेड़ जिसे कमरे में रखा जाता है; **Father Christmas** क्रिसमस के अवसर पर होने वाले पारिवारिक उत्सव का प्रतीक वृद्ध पुरुष= Santa Claus *q.v.*

Christology **क्रिस्टॉलजि** *n* ईसा-संबंधी धर्मशास्त्र

chromatic क्रमैटिक *a* 1 रंगीन, रंगदार, चटकीला, शोख़, 2 रंग संबंधी, रंग का; ~ printing रंगीन छपाई; **chromatics** *n* वर्ण-विज्ञान, रंग-विज्ञान

chrome क्रोम *n* क्रोमियम-युक्त रसायन-विशेष से प्राप्त होने वाला पीला रंग, ~ **leather** क्रोम चमड़ा

chromium क्रोमियम *n* धातु-विशेष, क्रोमियम

chronic क्रॉनिक *a* जीर्ण, पुराना, चिरकालिक, दीर्घकालीन, चिरन्तन, ~ invalid पुराना रोगी, जीर्ण रोगी, ~ disease पुराना रोग, ~ doubt पुराना सन्देह, चिरन्तन सन्देह, ~ rebellion चिरन्तन विद्रोह; ~**ally** *adv* चिरकाल से, चिरकाल तक

chronicle क्रॉनिकल *n* & *vt* 1 कालानुक्रम से (ऐतिहासिक) घटनाओं का वर्णन, इतिहास, इतिवृत्त, ऐतिहासिक अभिलेख, तारीख़, 2 वृत्तान्त, गाथा, दास्तान, राम कहानी; *vt* घटनाओं का कालानुक्रम से वर्णन करना या लिखना [to ~ events]; **chronicler** *n* इतिहासकार, इतिवृत्तकार, इतिवृत्त-लेखक

chronograph क्रॉन-ग्राफ़ *n* सूक्ष्म-काल-मापनी, सेकंड तक ठीक समय बताने वाली घड़ी-विशेष (जिसे बटन दबा कर चलाया तथा रोका जा सकता है)

chronological क्रॉन-लॉजिकल *a* (see foll) कालक्रमानुसारी, कालानुक्रमिक, **in** ~ **order** कालानुक्रम से, कालक्रमानुसार, तारीख़वार

chronology क्रनॉल-जि *n* 1 कालक्रम, कालानुक्रम, 2 घटनाओं का तिथि-निर्देश (के साथ वर्णन), 3 कालक्रमविज्ञान, काल-निर्धारण

chronometer क्रनॉमिटर *n* कालमापक, कालमापी; काल मापने का यन्त्र-विशेष (जिस पर तापमान के घटने-बढ़ने का असर नहीं होता और जो समुद्र में रेखांश निर्धारित करने के काम आता है); एक प्रकार की घड़ी

chrysalis क्रिस-लिस *n* 1 डिम्भ (larva) और पूर्ण-कीट (imago) के बीच की अवस्था में पतंगा (जिसमें वह कोष में निश्चेष्ट रहता है), कोषस्थ, 2

कोष, 3 *fig* संक्रमणावस्था

chrysanthemum क्रिसैन्थ-मम *n* गुलदाउदी (जो आरंभ में जापान से लाया गया था); the land of the ~ जापान

chubby चबि *a* जिसके गाल गोलगप्पे के समान फूले हुए हों; मोटा-ताजा, हृष्टपुष्ट [a ~ child]; फूला हुआ [~ cheeks]

chuck¹ चक *int*, *n* & *vi* 1 मुर्गी की आवाज़, मुर्गियों को बुलाने वाले की आवाज़, टख् टख्, घोड़े को हांकने वाले की आवाज़; *vi* ऐसी आवाज़ निकालना, टख्-टख् या किट्-किट् करना

chuck² *vt* & *n* 1 झटका (देना), to ~ s.o. under the chin किसी की ठोड़ी पकड़ कर (झटके से) ऊंची करना, 2 निरादरपूर्वक या लापरवाही से फेंक देना; **the ~** (*sl*) बरख़ास्तगी, पदच्युति, **to give s.o. the ~** किसी को बरख़ास्त करना, नौकरी से हटाना या अलग करना, **to get the ~** बरख़ास्त किया जाना, to ~ up a chance मौका या अवसर खो देना, to ~ up the sponge कोशिश छोड़ देना, मुकाबले से हट जाना, **to ~ out** (शरारती आदमी को) निकाल बाहर करना

chuckle चकल *vi* & *n* 1 दबी हँसी हँसना, मुंह बन्द करके हँसना, 2 खुश होना, प्रसन्नता व्यक्त करना, आनन्द मनाना, 3 (मुर्गी की तरह) किट् किट् करना; *n* 1 दबी हुई हँसी, 2 खुशी, मजा, आनन्द, 3 किट्-किट्; **~-head** *n*, **~-headed** *a* मूर्ख, मूढ़, उल्लू, बेवकूफ़

chum चम *vi* & *n* 1 कमरे में साथ-साथ रहना, 2 घनिष्ठ होना, **to ~ (up) with s.o.** (*colloq*) गहरी दोस्ती करना, घनिष्ठ संबंध रखना; *n* घनिष्ठ मित्र, साथी, संगी; **~my** *a* घनिष्ठ, मिलनसार

chump चम्प *n* 1 लकड़ी का कुन्दा, 2 पुट्ठ के मांस का मोटा सिरा, 3 *colloq* सिर, **off one's ~** आपे से बाहर, उन्मत्त, बदहवास, 4 (*sl*) मूर्ख, बुद्धू

chunk चङ्क *n* (लकड़ी, रोटी, पनीर आदि का) बड़ा सा टुकड़ा; खंड, भाग [the enemy has occupied a big ~ of the territory]

church चर्च *n* 1 गिरजा, गिरजाघर, 2 ईसाई समाज, ईसाई संप्रदाय, **Established Church** (किसी देश का) राजसम्मत ईसाई मत-विशेष, राजसम्मत चर्च, 3 धार्मिक व्यवस्था, 4 पादरी का पेशा, **to go into the Church** पादरी बनना, 5 गिरजे में होने वाली सामूहिक उपासना, to go to ~ गिरजे में जाना, उपासना में शामिल होना; ~ service गिरजे में होने वाली उपासना; उपासना-पुस्तक, **~yard** गिरजे का अहाता, वि॰ अहाते का वह भाग जिसमें कब्रिस्तान होता है; कब्रिस्तान

churl चर्ल *n* 1 नीच कुल का आदमी, चांडाल, अधम, 2 गंवार, असभ्य आदमी, 3 उल्टी खोपड़ी का आदमी, 4 कंजूस, अनुदार; **~ish** *a* नीच, असभ्य, उल्टी खोपड़ी का, कंजूस, अनुदार, तंग-दिल

churn चर्न *n* & *vt* & *i* 1 दूध या क्रीम से मक्खन निकालने की मशीन; मन्थन-डोल, मथनी, 2 *vt* बिलोना, मथना, मन्थन करना, 3 *vi* (समुद्र में) चारों तरफ़ लहरों का उठना, अशांत होना, झाग उठना; **~er** *n* मथनी, मथानी

chute शूट *n* 1 पानी का तेजी के साथ ढलान पर से गिरना, जलप्रपात, 2 ढलवां नाली (जिस के द्वारा चीज़ों को नीचे गिराया जाता है), 3 कूड़ा फेंकने के लिये बनी ढलान

cicatrice सिकट्रिस, **cicatrix** सिकट्रिक्स *n* 1 घाव भर जाने पर बना रहने वाला निशान, दाग़, घाव-चिह्न, 2 पेड़ की छाल पर छिलन का निशान

cicatrize सिक-ट्राइज़ *vt* & *i* 1 घाव भरना, अंगूर आना, 2 घाव का चिह्न बनाना या बनना, छिलन का चिह्न बनाना या बनना

cicerone चिच-रोनि *n* & *vt* 1 (यात्रियों को) पुरावशेष दिखाने वाला और संबंधित इतिहास बताने वाला; गाइड; *vt* (यात्रियों को) पुरावशेष दिखाना और संबंधित इतिहास बताना

Ciceronian सिसरोनियन *a* (रोमन लेखक एवं भाषणकर्ता) सिसरो (106 B.C.—43 B.C.) की शैली की भांति धाराप्रवाह, ज़ोरदार, प्रभावशाली

cider साइडर *n* सेब का आसव

cigar सिगार *n* सिगार, बड़ा सिगरेट, **~-shaped** सिगार के आकार का, नोकदार सिरों वाले बेलन के आकार का

cigarette सिगरेॅट *n* सिगरेट [*dim* of prec]

cinchona सिन्कोनः *n* 1 सदा हरे रहने वाले पेड़ों की जाति-विशेष जिनकी छाल से कुनैन बनती है, सिनकोना, 2 सिनकोना की छाल, 3 सिनकोना की छाल से बनने वाली औषध जो ज्वर दूर करती है

cincture सिङ्क्चर *n* & *vt* 1 मेखला, पेटी, झालर, किनारी, 2 घेरा, जंगला; *vt* 1 पेटी से बांधना, पेटी या पट्टी बांधना, 2 दीवार या जंगले से घेरना

cinder सिन्डर *n* 1 अधजला कोयला (जो अभी सुलग रहा हो या बुझ गया हो पर जल सकता हो), **burnt to a ~** (of a cake etc) जो जल कर कोयला हो गया हो, 2 **~s** केरी, भस्म, राख

Cinderella सिन्डरेॅलः *n* 1 कुछ समय तक उपेक्षित या कष्टग्रस्त रहने के बाद एकाएक सफलता प्राप्त करने वाली लड़की, 2 दल का उपेक्षित किन्तु गुणवान् सदस्य

cine सिनि *a* सिनेमा का [~ camera, film, etc]

cinema सिनिमः *n* 1 सिनेमा-घर, 2 चलचित्र, सिनेमा

cinematograph सिनिमैटग्राफ़ *n* & *vt* & *i* 1 चलचित्र-यन्त्र, सिनेमा-यन्त्र, 2 चलचित्र; *vt* चलचित्र बनाना; **~ic** *a* चलचित्र की भांति, चलचित्र-संबंधी

cinematography सिनिमटॉग्रफ़ि *n* चलचित्रिकी, चलचित्रविज्ञान, चलचित्र-तकनीक

cinerarium सिनिरेरियम *a* (मृतक का) भस्मकलश रखने का स्थान; अस्थिशेषकक्ष

cinerary सिन-ररि *a* भस्म का, **~ urn** दाह संस्कार

के बाद मृतक की भस्म रखने का पात्र, भस्म-कलश

cinnabar सिन-बार *n* & *a* सिन्दूर, शिंगरफ़, हिंगुल; *a* सिन्दूरी

cinnamon सिन-मन *n* & *a* 1 दालचीनी, 2 *a* दाल-चीनी के रंग का

cipher^1, **cypher** साइफ़र *n* 1 (गणित का) शून्य (०), सिफ़र, 2 महत्त्वहीन व्यक्ति, फ़ज़ूल चीज़, He is a mere ~ वह किसी गिनती में नहीं है, 3 गूढ़ लिपि, संकेत लिपि [a message in ~], 4 संकेत लिपि में लिखा हुआ लेख, गूढ़ लेख, बीज लेख, 5 बीज-लेख (पढ़ने) की कुंजी, 6 ~ **officer** बीजलेख लिखने तथा पढ़ने वाला अधिकारी

cipher^2, **cypher** *vi* & *t* (गणित का) सवाल निकालना, to ~ out हिसाब लगाना या करना, 2 गूढ़ लिपि में लिखना

circa सर्क: L *prep* लगभग; (*abbr* c., ca.); c. 1500 A.D. 1500 ईसवी के लगभग

circle^1 सर्कल *n* 1 वृत्त, चक्र, दायरा, **to square the ~** असंभव काम करने की कोशिश करना, असंभव को संभव बनाने का यत्न करना, 2 गोलाकार घेरा, 3 थियेटर में सीटों की गोलाकार पंक्ति; **dress ~** दर्शकों के बैठने की वृत्ताकार गैलरी, 4 अवधि, काल, युग, **to come full circle** पूरा चक्कर काटना, पूरी परिक्रमा करना, जहां से चले थे फिर वहीं पहुंच जाना, 5 **vicious circle** (i) *log* किसी बात को सिद्ध करने के लिए ऐसी बात का सहारा लेना जो स्वयं पहली बात पर आधारित हो, चक्रतर्क, (ii) क्रिया-प्रतिक्रिया का अनन्त क्रम, (iii) कारण और कार्य का एक-दूसरे को तीव्रतर करता जाना, कारण और कार्य का अनन्त क्रम, दुश्चक्र; *e.g.* कीमतों के बढ़ने से वेतन का बढ़ना और वेतन के बढ़ने से फिर कीमतों का बढ़ना, 6 समान रुचि या व्यवसाय आदि के कारण आपस में संपर्क रखने वाले लोग; समाज, समुदाय, मंडल, मंडली, वर्ग, गुट, गोष्ठी, क्षेत्र, *e.g.* the family ~ परिवार के लोग, in certain ~s कुछ क्षेत्रों में, in literary ~s साहित्यिक क्षेत्रों में, साहित्यिक गोष्ठियों में; a ~ of friends मित्र-मण्डली

circle^2 *vi* & *t* चक्कर काटना, घूमना, **to ~ round** *or* **about** चक्कर काटना, चक्कर खाना, मंडराना, मंडलाना, *vt* to ~ round, about, sth किसी चीज़ को घेरना, परिक्रमा करना, *pp* **circled** वृत्ताङ्कित, चक्राङ्कित, जिसके इर्द-गिर्द दायरे का निशान बनाया गया हो

circlet सर्‌क्लिट *n* 1 छोटा वृत्त या चक्र, 2 सिर पर या अन्यत्र पहनने का गोलाकार रत्नजटित स्वर्णाभूषण, कंठा, कंठी

circuit सर्किट *n* 1 घेरा, वृत्त, चक्र, चक्कर, 2 चक्कर से घिरी हुई जगह, 3 चक्करदार यात्रा या दौरा, 4 निश्चित इलाके या ज़िले के अन्दर विभिन्न स्थानों पर कचहरी लगाने के लिए जज का दौरा, 5 जज के दौरे का क्षेत्र, 6 विद्युत् परिपथ, **short-~** (see short *a*, 6)

circuitous सर्क्यूइटस *a* 1 चक्करदार, घुमावदार, पेचदार, टेढ़ा-मेढ़ा (~ road चक्करदार सड़क), 2 टेढ़ा, कुटिल, by ~ means टेढ़े तरीकों से

circular सर्क्यूलर *a* & *n* 1 गोल, गोलाकार, वृत्ताकार, 2 ~ **tour** ऐसी यात्रा जिसमें एक रास्ते से जाकर दूसरे रास्ते से लौटा जाये, परियात्रा, चक्र-यात्रा; ~ **ticket** चक्र-यात्रा का टिकट, 3 एक वर्ग के अनेक व्यक्तियों के पास भेजा जाने वाला; ~ **letter** परिपत्र, गश्ती चिट्ठी; *n* परिपत्र, गश्ती चिट्ठी; ~**ize** *vt* गश्ती चिट्ठी भेज कर सूचित करना

circulate सर्क्युलेट *vi* & *t* 1 दौरा करना, संचार करना; blood ~s through veins खून नाड़ियों में दौरा करता है, रक्त धमनियों में संचार करता है, 2 (समाचारपत्र आदि का पाठकों के पास) पहुंचना, प्रचारित होना, 3 भेजना, भिजवाना, प्रचारित करना, घुमाना, फिराना, (समाचार, अफ़वाह आदि) फैलाना, 4 **circulating library** बारी-बारी से सदस्यों को घर पर पढ़ने के लिए पुस्तकें देने वाला पुस्तकालय, संचारी पुस्तकालय

circulation **सर्क्यु-लेशन** 1 खून का दौरा, रक्त संचार, (पेड़-पौधों में) रस का दौरा या संचार, 2 घूमना-फिरना, दौरा, संचार, 3 एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाना, भेजना, फैलाना, संचार; ~ of a book, newspaper, etc पाठक संख्या, ग्राहक-संख्या, 4 मुद्रा का चलन, to put forged notes **into ~** जाली नोट चलाना; to be **out of ~** चलन न रहना

circulatory सर्क्युलेटरि *a* 1 रक्तसंचार का; (पौधों में) रससंचार का, 2 ~ **system** हृदय तथा नाड़ियां आदि वे अंग जिनके द्वारा शरीर में रक्त और लसीका का संचार होता है, रक्तसंचारतन्त्र; *zool* रससंचारतन्त्र

circum- सर्कम् *pref* चारों ओर, इर्द-गिर्द, परि-

circumambient -ऐम्बियन्ट *a* (चारों ओर से) घेरने वाला, परिवेष्टित करने वाला, परिवेष्टक

circumambulate -ऐम्ब्युलेट *vt* & *i* 1 इर्द-गिर्द चक्कर लगाना या काटना, परिक्रमा करना, (मन्दिर आदि की) प्रदक्षिणा करना; इर्द-गिर्द घुमाना या फिराना, 2 भ्रमण करना, परिभ्रमण करना, घूमना-फिरना; **circumambulation** *n* परिक्रमा; प्रदक्षिणा

circumcise -साइज़ *vt* 1 (यहूदियों, मुसलमानों की रीति के अनुसार) ख़तना करना, सुन्नत करना, 2 *biblical* आत्मशुद्धि करना; **circumcision** -सिश्ज़न *n* 1 ख़तना, सुन्नत, 2 आध्यात्मिक शुद्धि (का संस्कार)

circumference -फ़रन्स *n* 1 परिधि, दायरा, घेरा, चक्कर 2 वृत्त-रेखा की लम्बाई

circumflex accent *n* स्वर के उच्चारण में बल निर्दिष्ट करने का चिह्न (Λ) जो ग्रीक, फ्रेंच आदि भाषाओं में प्रयुक्त होता है; स्वरित

circumfluent -फ़्लूअन्ट *a* इर्द-गिर्द बहता हुआ या

बहने वाला

circumfluous *a* 1=prec, 2 पानी से घिरा हुआ

circumgyrate -जाइरेट *vi* घूमना, पूरा घूम जाना, पूरा चक्कर लगाना, चक्कर लगाते जाना; **circumgyration** *n* परिभ्रमण

circumlocution -लक्यूशन *n* 1 आवश्यकता से बहुत अधिक शब्दों का प्रयोग, वाग्जाल, शब्दाडम्बर, 2 टालने के लिये कही गई बात, टाल-मटोल, 3 घुमाव-फिराव की बात; **circumlocutory** *a* 1 शब्दाडम्बरपूर्ण, 2 टालमटोली, 3 घुमाव-फिराव का

circumnavigate -नैविगेट *vt* 1 नाव में बैठ कर (टापू आदि का) चक्कर लगाना, to ~ the globe (*or* the world) जहाज़ से पृथ्वी की परिक्रमा करना; **circumnavigation** *n* जहाज़ से परिक्रमा

circumscribe -स्क्राइब *vt* 1 इर्द-गिर्द रेखा खींचना, घेरना, 2 *geom* त्रिभुज आदि आकृति के कोणों को छूती हुई आकृति बनाना, 3 सीमा निर्धारित करना, (अधिकार) सीमित करना, हद बांधना, ~d intellect सीमित बुद्धि, 4 तर्कसम्मत परिभाषा करना, 5 (कई लोगों का) आवेदन-पत्र पर दायरे में हस्ताक्षर करना (ताकि यह न पता लगे कि किसने पहले हस्ताक्षर किया और किसने बाद में; **circumscription** -स्क्रिप्शन *n* सीमानिर्धारण. परिसीमन, हदबन्दी

circumspect सर्कम्-स्पेॅक्ट *a* हर बात का ध्यान रखने वाला, सावधान, सचेत, सतर्क, चौकस, चौकन्ना, होशियार; **circumspection, circumspectness** *nn* सावधानता, सावधानी, सतर्कता, चौकसी, होशियारी

circumstance सर्कम्-स्टन्स *n* 1 in *pl* (किसी क्रिया का स्थान, परिवेश, काल, कारण, ढंग आदि) परिस्थिति या परिस्थितियां, 2 (कर्ता को प्रेरित करने वाली बाह्य) परिस्थितियां, दशा, हालत, अवस्था; **in** *or* **under the ~s** इस परिस्थिति में, इन परिस्थितियों में, इस हालत या सूरत या दशा में; **in** *or* **under no ~s** किसी भी हालत में नहीं, चाहे कुछ भी हो, 3 (व्यक्ति की) आर्थिक स्थिति, **in easy ~s** सम्पन्न, धनी, खाता-पीता; **in reduced** (*or* **straitened**) **~s** जिसका हाथ तंग हो, निर्धन गरीब दरिद्र, कंगाल, 4(in *sing*)**circumstance** (किसी विवरण का) कोई एक तथ्य या बात या घटना, without omitting any ~ कोई बात छोड़े बिना

circumstantial सर्कम्-स्टैन्शल *a* 1 (see prec 1) गौण तथ्यों पर आधारित, प्रासंगिक, अप्रत्यक्ष, पारिस्थितिक; ~ **evidence** वे गौण तथ्य या छोटी-मोटी बातें जिनसे मुख्य तथ्य प्रमाणित होता हो (*e.g.* किसी जगह पर किसी मृतक की चप्पल, ऐनक, पहचान-कार्ड आदि चीजें बिखरी हुई पाई जाने से अनुमान किया जा सकता है कि वहां उसकी हत्या हुई थी, हालांकि किसी ने हत्या होते न देखी हो और शव किसी दूसरी जगह से मिला हो). पारिस्थितिक साक्ष्य, 2 सांयोगिक, संयोगवश, आकस्मिक, आगन्तुक, 3 विस्तृत विवरण सहित [~ story]

circumvent सर्कम्वेॅन्ट *vt* 1 फँसाना, जाल में फांसना या फँसाना, 2 ठगना, धोखा देना, छल करना, प्रवंचना करना, झांसा देना, 3 (कानून की) पकड़ से बचना [to ~ a law, rule, etc]; **circumvention** *n* प्रवंचना; (कानून आदि से) बचाव

circumvolution सर्कम्वलूशन *n* 1 घूमना, चक्कर खाना, 2 टेढ़ी-मेढ़ी चाल, वक्र गति, 3 कुंडल, कुंडली

circus सर्कस *n* 1 गोलाकार या अण्डाकार रंगभूमि जिसमें प्रेक्षकों की जगहों की पंक्तियां सीढ़ियों की भांति बनी होती हैं, 2 अखाड़ा, रंगशाला, खेल का मैदान, 3 गोलाकार खुला मैदान जिसमें चारों तरफ़ से सड़कें आकर मिलें (*e.g.* Connaught Circus in New Delhi), 4 सरकस; पशुओं और आदमियों के करतब दिखाने वाली मण्डली

cissy, sissy सिसि *n* (*sl*) स्त्रीसदृश या स्त्रीवत् पुरुष, ज़नाना आदमी

cist सिस्ट *n* (*archaeol*) 1 पत्थर या खोखले पेड़ का बना प्रागैतिहासिक ताबूत, 2 (धार्मिक संस्कारों में काम आने वाले) बर्तनों की पेटी

cistern सिस्टर्न *n* 1 (पानी की)टंकी, छत पर रखी टंकी जिससे नालियों द्वारा (निचली) मंजिलों में पानी पहुंचाया जाता है, 2 *fig* कुंड, हौज़, तलाब, जलाशय

citadel सिट-डल *n* 1 किला, गढ़, कोट, दुर्ग, (वि० नगर की रक्षा के लिए बनाया गया किला आदि), 2 शरण, आश्रय-स्थान (वि० जहां कोई दल या मत हार कर शरण ले)

citation साइटेशन *n* 1 उद्धरण, 2 (सरकारी या सैनिक रिपोर्ट में) उल्लेख, 3 (उपाधि-प्रदान की घोषणा के साथ की गई) प्रशस्ति, प्रशस्तिपत्र

cite साइट *vt* 1 (कचहरी में हाज़िर होने के लिए किसी के नाम) सम्मन जारी करना, 2 अपने कथन के समर्थन में (किसी ग्रन्थ, अध्याय, लेखक का) उद्धरण देना, उद्धृत करना, हवाला देना, 3 (सरकारी या सैनिक रिपोर्ट में) उल्लेख करना (He was ~d in dispatches), 4 उदाहरण देना या प्रस्तुत करना, मिसाल देना

citizen सिटिजन *n* 1 नगर में रहने वाला, नगर-निवासी, 2 देशवासी, (किसी देश का अधिकार-प्राप्त) नागरिक, **~ of the world** विश्वनागरिक, 3 असैनिक व्यक्ति; **~ry** नागरिक वर्ग; **~ship** नागरिक अधिकार; नागरिकता

citric सिट्रिक *a* (f. citron) ~ **acid** नींबू का अम्ल

citrine सिट्रिन *a* नींबू के रंग का

citron सिट्रन *n* गलगल (पेड़ या फल), तुरंज, चकोतरा

citronella सिट्रनेॅल: *n* गरम देशों की घास-विशेष से बनने वाला सुगंधित तेल जिससे मच्छर दूर भागते है, गंजनी

citrus सिट्रस *n* नींबू जाति (का पेड़ और फल), गलगल, तुरंज, संतरा आदि

city सिटि *n* नगर, शहर, **the Holy C**~ यरूशलम; **Heavenly C**~ स्वर्ग, **the Eternal C**~ = **the C**~ **of the Seven Hills** रोम, **city state** ऐसा नगर जो प्रभुत्वसम्पन्न स्वतंत्र राज्य भी हो, नगर-राज्य; **city father** नगरपालिका का सदस्य

civet सिविट *n* (also ~-cat) 1 बिल्ली के आकार का जंगली जानवर, गन्ध बिलाव, मुश्क बिलाव, 2 मुश्क बिलाव के अंग-विशेष से प्राप्त होने वाला सुगंधित द्रव्य या मुश्क; विडाल-कस्तूरी

civic सिविक *a* 1 नगर का, नगरपालिका का, ~ **centre** क्षेत्र जहां नगरपालिका के दफ़्तर हों, नगर-केन्द्र, 2 नागरिक, ~ **sense** नागरिक कर्तव्य की चेतना या भावना, **civic reception** नगरपालिका द्वारा आयोजित स्वागत-समारोह, नागरिक अभिनन्दन, ~ virtues नागरिक गुण, ~ activity नागरिकों या नगरपालिका की सरगर्मी या गतिविधि; **civics** *n* नागरिक शास्त्र या विज्ञान

civil सिविल *a* 1 नागरिक, नागरिकों का, नागरिकों से संबंधित, ~ **liberty** नागरिक स्वतंत्रता, ~ supplies नागरिक रसद-व्यवस्था, ~ **war** देशवासियों का परस्पर युद्ध, गृहयुद्ध, 2 सभ्य, शिष्ट, नम्र, विनीत, ~ **disobedience** सविनय अवज्ञा, 3 असैनिक, ग़ैर-फ़ौजी, सिविल, ~ **list** सिविल अधिकारियों की सूची, 4 धार्मिक संस्कार-रहित, ~ **marriage** धार्मिक संस्कार के बिना (अदालत में किया गया) विवाह, सिविल विवाह, 5 दीवानी, ~ **law** दीवानी कानून, संपत्ति-अधिकार से संबंधित कानून, व्यवहार-विधि, ~ **court** दीवानी अदालत, दीवानी न्यायालय, **civil procedure code** ज़ाब्ता दीवानी, व्यवहार-विधि-संहिता

civilian सिविलिअन *a* & *n* ग़ैर-फ़ौजी (आदमी) असैनिक व्यक्ति या कर्मचारी या अधिकारी

civility सिविलिटि *n* (see civil 2) शिष्टता, नम्रता, विनय, in *pl* शिष्टाचार

civilization सिविलाइज़ेशन *n* 1 सभ्यता, 2 सभ्य बनना या बनाना

civilize सिविलाइज़ *vt* 1 सभ्य बनाना, 2 अज्ञानता या जहालत दूर करना, सभ्यता का प्रकाश फैलाना; ~**d** सभ्य, शिष्ट, सुशिक्षित

clack क्लैक *n* & *vi* 1 तख़्तों के टकराने की आवाज़, ठक्-ठक्, खट्-खट्, खड़खड़ाहट, 2 लोगों के एक साथ बोलने की आवाज़, टर-टर, बड़-बड़, बड़बड़ाहट; *vi* 1 ठक्-ठक् करना, खड़खड़ाना, 2 टर-टर करना, बड़-बड़ करना, बड़बड़ाना

clad क्लैड see clothe

claim^{1} क्लेम *vt* 1 दावा करना, दावेदार होना, अधिकार या हक जताना, to ~ to be the owner मालिक होने का दावा करना, 2 मांगना, to ~ one's due अपना हक मांगना, to ~ attention ध्यान आकर्षित करना, ध्यान देने योग्य होना, 3 परिणाम होना, The fire ~ed one victim एक आदमी आग का शिकार हो गया

claim^{2} *n* 1 दावा, हक, अधिकार; मांग, **to lay** ~ to sth किसी चीज़ पर अपना हक जताना; to make, put in, a ~ for damages हरजाने की मांग करना, हरजाने का दावा करना, Have I no ~ **on** you? क्या मेरा आप पर (या आपसे मांगने का) कोई हक नहीं ?

claimant क्लेमन्ट *a* दावा करने वाला, अधिकार जताने वाला, दावेदार

clairaudience क्लेंअर-ऑडियन्स *n* श्रवण शक्ति की पहुंच से बाहर की बातों को मानसिक शक्ति से स्पष्ट सुन पाना, अतीन्द्रिय श्रवणशक्ति, यौगिक (या योगियों की सी) श्रवणशक्ति

clairaudient *a* अतीन्द्रिय श्रवण शक्ति-सम्पन्न

clairvoyance क्लेंअर्वोंइन्स *n* आंख से ओझल घटनाओं को-मानसिक शक्ति द्वारा हस्तामलकवत् देख पाना, अतीन्द्रिय दृष्टि, यौगिक (या योगियों की-सी) दृष्टि; **clairvoyant** *a* अतीन्द्रिय दृष्टि-सम्पन्न

clamant क्लैमन्ट *a* (*liter*) 1 घोर, 2 तुरन्त ध्यान देने योग्य, जिसमें विलम्ब न सहन किया जा सके, ~ injustice घोर अन्याय, ~ need for sth किसी चीज़ की अत्यन्त या तात्कालिक आवश्यकता

clamber क्लैम्बर *vi* & *n* 1 हाथ-पांव से चढ़ना, 2 कठिनाई या बड़ी मेहनत से चढ़ना

clammy क्लैमि *a* (हाथ, अधपकी डबलरोटी या किसी भी सतह के विषय में) गीला, चिपचिपा लसलसा [~ hands etc]

clamorous क्लैमरस *a* 1 कोलाहलपूर्ण, 2 शोर माचने वाला [a ~ mob], **अति मुखर**

clamour क्लैमर *vi* & *t* & *n* 1 चिल्लाना, पुकारना, शोर मचाना, चिल्लाकर मांगना, दुहाई देना, दुहाई मचाना, फ़रियाद करना; workers are ~ing **for** higher wages मजदूर अधिक वेतन के लिये दुहाई मचा रहे हैं, 2 to ~ down चिल्लाकर किसी को चुप करा देना, 3 कोलाहल करना, हल्लागुल्ला या गुलगपाड़ा करना; *n* चिल्लाहट, शोर, मांग, दुहाई, फ़रियाद, हल्लागुल्ला, गुलगपाड़ा

clamp^{1} क्लैम्प *n* & *vt* शिकंजा, जोड़ने की कील या काँटा; *vt* 1 (शिकंजे से) जकड़ना, (कील या काँटे से) बांधना या जोड़ना, 2 सख़्ती से दबा देना [to ~ **down on** the news etc]; a curfew was ~ed down on the riot-torn city दंगाग्रस्त नगर में कड़ाई से कर्फ़्यू लगा दिया गया

clamp^{2} *n* & *vt* (पकाने के लिये) ईंटों का ढेर, बाग के कूड़े-करकट का ढेर; जमीन के नीचे आलुओं का ढेर; *vt* to ~ (bricks etc) up (ईंटों आदि का) ढेर लगाना

clan क्लैन *n* 1 कुल, गोत्र, कबीला (जिसके लोग अनेक पीढ़ियों तक साथ-साथ रहते रहें), 2 दल, गुट, 3 वर्ग, जाति, प्रजाति; **clannish** *a* (कबीले के लोगों की तरह) साथ-साथ रहने वाला, केवल अपने

कबीले या दल या गुट्ट के ही हितों का ख्याल रखने वाला, अनुदार; ~**sman** कबीले का आदमी

clandestine क्लैन्डे॓स्टिन *a* गुप्त, छिपा हुआ, प्रच्छन्न, चोरी-छिपे किया हुआ, लुक छिप कर किया हुआ, ~ meeting गुप्त बैठक या सम्मेलन, गुप्त मिलन; ~ly *adv* गुप्त रूप से, चोरी-छिपे, लुक-छिप कर

clang क्लैङ्ग *n*, *vi* & *t* (तुरही, घंटे, शस्त्र आदि की) गूंजती हुई आवाज़, गूंज, झनकार, *vi*, *vt* गूंजना, झनकार करना, गुंजाना, झनझनाना

clangour क्लैङ्गर *n* निरन्तर झनकार, बार बार उठने वाली गूंज या झनकार; **clangorous** *a* झनकार करने वाला, झंकृत

clank क्लैङ्क *n* & *vi* & *t* 1 (भारी जंजीर की-सी) खनखनाहट, झनझनाहट, 2 *vi* & *t* खनकना; खनकाना, खनखनाना, झनझनाना

clap^1 क्लैप *n* 1 ताली, ताली बजाने की आवाज़, करतलध्वनि, **to give s.o. a** ~ वाहवाह करना, अनुमोदन करना, अभिनन्दन करना, प्रशंसा करना, 2 बादल की गरज या गड़गड़ाहट [~ of thunder]

clap^2 *vi* & *t* 1 **to** ~ **one's hands**=to clap ताली बजाना या पीटना, तालियां बजाना या पीटना, **to** ~ **s.o. on the back** किसी की पीठ ठोंकना, किसी को शाबास देना, to ~ a performer (गायक, अभिनेता आदि के काम से) प्रसन्न हो कर तालियां बजाना, वाह-वाह करना, 2 झटपट या ज़ोर से रखना या डालना; to ~ s.o. **into** prison किसी को जेल में धकेल या डाल देना, 3 to ~ duty **on** goods माल पर कर लगा देना, **4** to clap **up** peace झट से या बिना सोचे-समझे सुलह करना; to ~ **up** a bargain झट से या बिना सोचे-समझे सौदा कर लेना, **5 to** ~ **eyes on s.o.** (esp with *neg*) किसी के (अचानक) दर्शन होना [I haven't ~ped eyes on him since 1980], **6** (पक्षी का) पंख फड़फड़ाना, The bird ~s its wings पक्षी (अपने) पंख फड़फड़ाता है

claptrap क्लैप्-ट्रैप *n* वाहवाही पाने के लिए कही गयी भावुकतापूर्ण बातें जब कि कहने वाला वस्तुतः कुछ करना न चाहता हो, कोरी भावुकता, दिखावे की या कहने की बातें, ढोंग, **to talk** ~ दिखावे की या बेमतलब की बातें करना

clarendon क्लैरन्डन *a* & *n* मोटा (टाइप)

claret क्लैरट *n* & *a* लाल रंग की फ्रांसीसी शराब; लाल-रंग; लाल आभा लिए हुए बैंगनी (रंग), रक्ताभ बैंगनी (रंग)

clarification *n* (see foll) 1 स्पष्टीकरण, 2 सुलझाव, 3 निर्मलीकरण

clarify क्लैरिफाइ *vt* & *i* 1 (जटिल या गूढ़ विषय को) स्पष्ट करना, स्पष्ट करके बताना, खोल कर बताना, सुलझाना, (विषय का) स्पष्ट होना, सुलझना, साफ़ होना, 2 शुद्ध करना, मल दूर करना, (मक्खन, हवा आदि) साफ़ करना, (जल आदि) स्वच्छ करना; साफ़ या स्वच्छ होना

clarinet *n*=clarionet

clarion क्लैरिअन *n* & *a* 1 तुरही, 2 जगा देने वाली आवाज़, ललकार; *a* स्पष्ट और ऊंचा (स्वर) [the ~ call of Lala Lajpat Rai roused the people of the Punjab]

clarionet क्लैरिअ-ने॓ट *n* शहनाई

clarity क्लैरिटि *n* स्पष्टता, स्वच्छता, निर्मलता, सफ़ाई

clash^1 क्लैश *n* 1 (झांझ, घंटियों, तलवारों के) टकराने की आवाज़, झनकार, 2 सङ्घर्ष, कलह, झगड़ा, टक्कर, मुठभेड़ (*e.g.* a ~ between two groups); विरोध, प्रतिकूलता (*e.g.* a ~ of interests, opinions, views, etc)

clash^2 *vi* & *t* 1 (हथियारों का) टकराना, 2 (मत, विचार, हित आदि का) परस्पर विरुद्ध या प्रतिकूल होना, 3 (रंगों का) मेल न खाना, बेमेल होना, 4 (झांझ, घंटियों आदि को) बजाना; टकराना, 5 टकराव होना, मुठभेड़ होना, एक दूसरे पर हमला करना [The two groups ~ed], 6 साथ-साथ आना, **the two dates** ~ दोनों (उत्सव आदि) एक ही दिन पड़ते हैं, दोनों की तिथि एक ही है [The date of the examination ~es **with** my friend's wedding]

clasp^1 क्लास्प *n* 1 बकसुआ, बकलस; खटका, आँकड़ा, ~-knife खटकेदार चाकू, 2 आलिंगन, पकड़; hand-~ हाथ मिलाना

clasp^2 *vt* & *i* (see prec) 1 बकसुआ आदि लगाना, बन्द करना, बांधना, 2 आलिंगन करना, to ~ s.o. to one's breast किसी को गले लगाना, छाती से लगाना, 3 पकड़ना, **to** ~ **s.o.'s hands** किसी से हाथ मिलाना, **to** ~ **one's hands** (उंगलियों में उंगलियां डाल कर) अपने हाथ जोड़ना

class क्लास *n* & *vt* 1 वर्ग, श्रेणी, तबका, दर्जा, जमात, the upper ~ उच्च वर्ग, अभिजात वर्ग, the middle ~ मध्यम वर्ग या श्रेणी, the lower ~ निम्न वर्ग, **the working** ~ श्रमिक वर्ग, मज़दूर वर्ग; **class-consciousness** (व्यक्ति में) वर्ग की चेतना, व्यक्ति को यह ख़्याल रहना कि मैं किस (उच्च) वर्ग का हूं, वर्ग-चेतना, **the classes** (*arch*) धनिक या शिक्षित वर्ग (as opp the masses); **class war** वर्गों का संघर्ष; वर्ग-युद्ध, 2 कक्षा, श्रेणी, जमात, the English ~ अंग्रेजी की कक्षा, ~-**fellow**, ~-**mate** सहपाठी, 3 प्रकार, किस्म, कोटि, this article stands in a ~ by itself यह चीज अपनी किस्म की एक ही है, अनुपम है, अद्वितीय है; **high** -~, **first**-~ (*aa*) बढ़िया, बहुत अच्छा, उत्कृष्ट, आला दर्जे का, second-~ *a* मध्यम वर्ग का, दूसरे दर्जे का; low-~, third -~ *a* निकृष्ट, घटिया, निम्नवर्ग या श्रेणी का, निचले दर्जे का; *vt* वर्ग या श्रेणी में रखना या डालना, वर्ग-बद्ध या श्रेणी-बद्ध करना [to ~ sth **with** sth]

classic क्लैसिक *a* & *n* **1** उच्च कोटि का, उत्कृष्ट वरेण्य, **2** उच्च कोटि के प्राचीन ग्रीक, लैटिन या संस्कृत साहित्य या साहित्यकारों का, उत्कृष्ट कला या कलाकारों का, शास्त्रीय, **3** सरल तथा सुसंगत और सर्वांगसुन्दर (cf. romantic); *n* **1** प्राचीन ग्रीक या लैटिन या संस्कृत लेखक, उच्च कोटि का लेखक, **2 the classics** ग्रीक या लैटिन या संस्कृत साहित्य, उत्कृष्ट या वरेण्य साहित्य; (in *sing*) गौरव ग्रन्थ [Shakuntala is a Sanskrit ~]

classical क्लैसिकल *a* **1** उत्कृष्ट, उच्च कोटि का, उत्कृष्ट शैली का, **2** उत्कृष्ट (ग्रीक, लैटिन, संस्कृत) साहित्य का, शास्त्रीय, ~ literature प्राचीन उत्कृष्ट साहित्य; ग्रीक, लैटिन आदि साहित्य, ~ scholar ग्रीक आदि साहित्य का विद्वान् या पण्डित, **3** चिर-प्रतिष्ठित; प्राचीन, शास्त्रीय, ~ **music** शास्त्रीय संगीत

classicism क्लैसि-सिज़म *n* (see prec) **1** उत्कृष्ट (ग्रीक, रोमन) शैली का अनुकरण, **2** ग्रीक आदि साहित्य का अध्ययन, **3** ग्रीक या लैटिन मुहावरा

classification *n* वर्गीकरण

classify क्लैसिफ़ाइ *vt* वर्गबद्ध करना, वर्गीकरण करना

classless *a* वर्गहीन

clatter क्लैटर *n* & *vi* & *t* **1** कई प्लेटों के परस्पर टकराने की-सी आवाज (करना); झनझनाहट (पैदा करना), **2** कोलाहल (करना), कोलाहलपूर्ण बातचीत (करना) [Boys! now stop your ~]

clause क्लॉज *n* **1** खण्डवाक्य, वाक्यखंड, वाक्यांश, **2** कानून या संधि की एक शर्त, धारा, खंड, **clause by clause** (consideration) एक-एक धारा पर (विचार), धारा प्रति धारा (विचार), **saving clause** हितों की रक्षा के लिए विशेष धारा, बचाव करने वाली धारा, बचाव की व्यवस्था

claustral क्लॉस्ट्रल *a* (see cloister) **1** ईसाई साधुओं के संघ का, उनके आश्रम या मठ का, साधुओं का सा, **2** एकान्त, (दुनिया से) अलग-थलग, निर्जन, **3** तंगदिल, अनुदार

claustrophobia क्लॉस्ट्र-फ़ोबियः *n* (*psych*) बन्द जगह का भय, तंग और बन्द जगह से डर लगना

clavicle क्लैविकल *n* जत्रुक, हँसुली, गले के चारों ओर की हड्डी

claw^1 क्लॉ *n* **1** पशु-पक्षियों का तीखा नाखून, नखर, **2** पंजा, **3** जंबूरा

claw^2 *vt* & *i* पंजे मारना, पंजों से खरोंचना, नोचना, खसोटना, पंजों से पकड़ना, *vi* to ~ **at** sth किसी चीज को पकड़ना या पकड़े रहना

clay क्ले *n* मिट्टी, चिकनी मिट्टी, ~ **soil** चिकनी मिट्टी, ~**-cold** बिल्कुल ठण्डा (प्रायः मृतक के संबंध में)

claymore क्लेमॉर *n* (*hist*) स्काटलैण्ड की प्राचीन दुधारी तलवार

clean^1 क्लीन *a* & *adv* **1** साफ़, स्वच्छ, **निर्मल**, शुद्ध, **2** निर्दोष, निष्पाप, निरपराध, my hands are ~ मैं निर्दोष हूं; ~**-handed** निर्दोष; ~**-fingered** जिसने रिश्वत न ली हो, रिश्वत न लेने वाला, **to make a ~ breast of** (see breast), **3 to show a ~ pair of heels** सिर पर पैर रख कर भागना, बहुत तेज़ी से भागना या भाग निकलना, **4** कुशल, होशियार; मुस्तैदी से किया हुआ [~ fielding], **5** पूरा, ~ **sweep** पूरा सफ़ाया (also see sweep *n*); *adv* बिलकुल, पूरा-पूरा, सरासर, निपट; I ~ forgot मैं बिलकुल भूल गया, ~**-bowled** साफ़ आउट, ~ **mad** बिलकुल या सरासर पागल; ~**-shaven** *a* दाढ़ी-मूंछ साफ़

clean^2 *vt* साफ़ करना, सफ़ाई करना, (गर्द आदि) झाड़ना, पोंछना, to ~ oneself (**up**) हाथ-मुंह धोना या साफ़ करना, to ~ **up** a room कमरे की सफ़ाई करना, कमरे को ठीक-ठाक करना

cleaner *n* साफ़ करने वाला, सफ़ाई करने वाला, झाड़ू देने वाला, (मोटर-गाड़ी आदि का) क्लीनर

cleanliness क्लेन्लिनिस *n* सफ़ाई, स्वच्छता

cleanly *a* क्लेन्लि, *adv* क्लीन्लि साफ़-सुथरा रहने वाला, सफ़ाई-पसन्द, सफ़ाई का ख़याल रखने वाला; *adv* सफ़ाई से

cleanse क्लेन्ज़ *vt* **1** to ~ **s.o. of** sin किसी को पाप-मुक्त करना, to ~ the sin पाप दूर करना, **2** साफ़ करना, धोना

clear क्लियर *a* & *adv* **1** मेघशून्य (*e.g.* ~ sky), निर्मल, उज्ज्वल, साफ़, बेदाग़, **2** ~ **conscience** यह ख़याल होना कि मैं निर्दोष या निरपराध या निष्पाप हू, I have a ~ conscience, my conscience is ~ मैं जानता हूं कि मैंने कोई अपराध या पाप नहीं किया, **3** जो आसानी से समझ में आ सके, स्पष्ट, व्यक्त, भ्रमरहित, सन्देहरहित, **as ~ as day, as ~ as crystal, crystal-~** बिल्कुल स्पष्ट, **to make oneself** (*or* **one's meaning**) ~ अपनी बात ठीक से समझा पाना, **to be ~ about** sth किसी विषय में कोई सन्देह न होना, पूरा विश्वास होना, ~**-headed** सुलझा हुआ, सुलझी हुई समझ का, ~**-sighted** सूक्ष्म दृष्टि वाला, विवेकशील, कुशाग्र-बुद्धि, **4** पूरा, **three ~ days** पूरे तीन दिन, **5** बाधारहित, **the coast is ~** रास्ता साफ़ है, कोई नहीं देख रहा, यहां ऐसा कोई नहीं है जो (हमें) देखे या रोके, **6 All ~**! अब बिल्कुल कोई खतरा नहीं है! खतरा खतम! (यह हवाई खतरे के अन्त का सिगनल है), **Road ~**! रास्ता खुला या साफ़ है! **7** ~ profit शुद्ध लाभ या मुनाफ़ा, **8** ~ **majority** स्पष्ट बहुमत, **9** जिस पर कोई कर्ज़ा न हो, ~ estate ऋणमुक्त जायदाद या संपदा; (*adv*) ~**-cut** **1** बिल्कुल स्पष्ट, सन्देहरहित; [a ~-cut proposal] **2 to stand ~ of** बच के खड़े होना, अलग खड़े होना, साथ न लगना [Stand ~ of the doors], **3 to**

steer ~ of (rocks, difficulties, etc) बच के निकल जाना या निकाल ले जाना, साफ़ बचा ले जाना, बच के रहना या चलना

clear^2 *vt* & *i* **1** साफ़ करना या होना, स्पष्ट करना या होना, **to ~ one's throat** (ज़रा खांस कर) गला साफ़ करना, **2** to ~ s.o. of a charge, suspicion, etc किसी को दोष-मुक्त, सन्देह-मुक्त, करना, **3** बाधा या रुकावट दूर करना, **to ~ the decks for action** लड़ाई के लिए तैयार होना, **to ~ out** of the way हट कर एक तरफ़ हो जाना; हटा कर एक तरफ़ कर देना, **4** खाली करना या होना, **5** लांघना, फांदना, कूदना, छलांग मारना, उछल कर पार कर जाना, to ~ the fence जंगले को फाँद जाना, to ~ 6 ft छः फुट ऊंची छलांग मारना या लगाना, **6** यकमुश्त अदा करना, चुकाना, भुगतान करना, to ~ off the debt ऋण चुकाना, to ~ the payment रकम का भुगतान करना; (अवांछनीय व्यक्ति के प्रति) **Clear off** ! दूर हटो ! **7 to ~ out** खाली करना, हटना, दूर होना, **to ~ up** (a mystery etc) (रहस्य आदि) खोलना, खुल जाना, सुलझाना, सुलझना, हल करना या होना

clearance क्लियरन्स *n* **1** सफ़ाई, स्पष्ट होना, **2** बाधा या रुकावट दूर करना, **3** भुगतान केन्द्र से चैकों की निकासी, **4** आयात-शुल्क कार्यालय द्वारा जहाज को दिया जाने वाला यह प्रमाणपत्र कि उसने शुल्क अदा कर दिया है (और अब वह जा सकता है), चालान, राहदारी का परवाना, रवन्ना; ~ **sale** बचे-खुचे माल का (सस्ता) विक्रय; निकासी विक्रय

clearing क्लिय-रिङ्ग *n* **1** जंगल में खेती के लिए साफ़ की हुई ज़मीन, जंगल के भीतर खुला मैदान, वृक्षहीन क्षेत्र, **2 ~ agent** आयात-शुल्क कार्यालय अथवा चुंगीघर से माल छुड़ाने वाला, **~ bank, ~ house** चैक-विनिमय केन्द्र, चैक-भुगतान केन्द्र, वह कार्यालय जहाँ अनेक बैंकों से आये चैकों का विनिमय किया जाता है और हर एक को उसके देने-पावने का अन्तर ही नकद अदा किया जाता है, **~ house of information** etc सूचना एकत्र और वितरित करने का केन्द्र, सूचना-वितरण केन्द्र

clearly *adv* **1** साफ़-साफ़, स्पष्ट, स्पष्टतः, स्पष्टरूप से, **2** (उत्तर देने में) हां, निस्सन्देह

cleat क्लीट *n* फन्नी, पच्चर, गुटका

cleavage क्लीविज *n* **1** फूट, भेद, अन्तर; **~ in a party** दल में फूट; **~ of** views, opinions, etc मतभेद, **2** दरार, फटाव

cleave क्लीव *vt* & *i* (*pt* clove, cleft; *pp* cloven, cleft) **1** चीरना, फाड़ना, अलग करना या रखना, दो टुकड़े कर देना, विभक्त करना, **cleft palate** फटा तालू; **in a cleft stick** (*fig*) बुरी तरह फंसा हुआ (जहां से न आगे बढ़ सके न पीछे हट सके) **cloven hoof** (जुगाली करने वाले पशु का) फटा हुआ खुर; (शैतान का) चिरा हुआ पांव, **to show the cloven hoof** आसुरी प्रकृति या दुष्टता का परिचय देना, **2** चीर कर निकल जाना, चीरते हुए आगे बढ़ना [to ~ one's way **through** the crowd]

cleft क्लेॅफ़्ट *n* (f. prec) दरार, फटाव, फटन

clemency क्लेॅमन्सि *n* **1** दया, क्षमा, अनुकम्पा, तरस, नरमदिली, **2** (मौसम का) सुहावनापन, न बहुत गरम न बहुत ठंडा होना, मृदुता

clement क्लेॅमन्ट *a* **1** दयालु, सदय, नरम दिल, **2** (मौसम) सुहावना

clench क्लेॅन्च *vt* & *n* **1** (कील या रिवट) ठोंक कर मोड़ देना, कील ठोंकने पर उसके बाहर निकले हुए नुकीले सिरे को मोड़ देना ताकि फिर हिल न सके, **2** to ~ one's teeth दाँत भींचना; to ~ one's fingers मुट्ठी बांधना, **~ed fist** बंधी हुई मुट्ठी, **3** कस कर पकड़ना [to ~ sth in *or* with one's hands]; *n* पकड़, जकड़

clergy क्लर्जि *n* पादरी, पादरीवर्ग, पुरोहितवर्ग, **~man** पादरी, **~woman** पादरी की स्त्री या लड़की, पुरोहितानी

cleric क्लेॅरिक *n* पादरी

clerical क्लेॅरिकल *a* **1** पादरी का, पादरीवर्ग का, **2** क्लर्क या क्लर्कों का, **~ error** लिखने में क्लर्क से हुई भूल या गलती, लिपिक या नकल करने वाले की गलती, लिखाई की भूल

clerk क्लार्क *n* **1** क्लर्क, लिपिक, मुन्शी, बाबू, **2 the Clerk of the weather** मौसमों को बदलने वाला अर्थात् भगवान्, विधाता; **~ship** *n* क्लर्की, क्लर्क का काम या पद, मुन्शीगीरी

clever क्लेॅवर *a* **1** चतुर, कुशल, दक्ष, प्रवीण, होशियार, **2** चालाक, चालाकी का, सूझ-बूझ का, **a ~** device अच्छी तदबीर या तरकीब या युक्ति, **3** कुशाग्र-बुद्धि, मेधावी [a ~ child]: **~ at** mathematics गणित में होशियार या तेज या योग्य

clever-clever *a* जो बहुत होशियार या चालाक बनता हो, अति चतुर

cleverness *n* **1** चतुरता, कुशलता, दक्षता, चतुराई, होशियारी, **2** चालाकी, धूर्तता, **3** योग्यता, सूझ-बूझ, कुशाग्रता

clew क्लू *n* & *vt* **1** *arch* सूत या तागे का गोला; प्राचीन कथाओं में भूलभुलैयां के अन्दर जाने वाले व्यक्ति को रास्ता बताने के काम आने वाला तागे का गोला, **2** = clue, **3** *naut* (i) रस्सी, (ii) पाल का निचला कोना; *vt* **to ~ up the sails** पाल बांधना

cliché F क्लीशे *n* घिसी-पिटी बात या उक्ति, रूढ़ोक्ति, पिष्टोक्ति, दकियानूसी मुहावरा

click^1 क्लिक *n* & *vi* **1** (जीभ या एड़ी से की गई) टक् की आवाज़, **2** मशीन आदि का खटका या कुत्ता (जो टक् की आवाज़ से बन्द होता है); *vt* टक् की आवाज़ करना या होना

click^2 *vi* (*sl*) **1** सफल होना, चल निकलना, काम बनना, **2** (of two persons of opposite sex) झट घनिष्ठ बन जाना [to ~ **with** s.o.]

client क्लाइअन्ट *n* **1** गाहक, ग्राहक, (डाक्टर,

इंजीनियर आदि किसी पेशेवर आदमी का) असामी, (वकील का) मवक्किल

clientele क्लीओॅन्टॅल *n* (of shop, hotel, etc) ग्राहक(-गण); (of lawyer etc) मवक्किल (N.B. It is used as *collect n*; *e:g*. He has a wealthy ~)

cliff क्लिफ़ *n* 1 खड़ी चट्टान, प्रपात, भृगु, 2 तटवर्ती चट्टान का समुद्र की ओर वाला पहलू, 3 **~-hanger** (धारावाही) कथा जिसका परिणाम अनिश्चित रहने से पाठक में बराबर उत्सुकता बनी रहे

climacteric क्लाइमैक्टॅरिक *a* & *n* 1 संकटमय, संकटपूर्ण, परिवर्तन का, परिवर्तन-संबंधी, 2 (*physiol*, *med*) ४५ से ६० वर्ष तक की अवस्था में होने वाला (जबकि शारीरिक शक्तियों का ह्रास होने लगता है), *n* रजोनिवृत्तिकाल, जीवन या शरीर में परिवर्तन लाने वाला समय; ७ वां, २१ वाँ, ३५ वां, ४६ वाँ आदि वर्ष; **grand** ~ ६३ वाँ वर्ष

climactic क्लाइमैक्टिक *a* (f. climax) चरम (कोटि का), चरमोत्कर्ष का

climate क्लाइमिट *n* 1 जलवायु, आबोहवा, 2 *fig* स्थिति, वातावरण [the political ~]

climax क्लाइमैक्स *n* & *vi* & *t* 1 आरोही शृंखला, 2 आरोही शृंखला का अन्तिम पद या चरण, 3 चरम सीमा, चरम अवस्था, पराकाष्ठा, [to bring matters to a ~], 4 (कार्यक्रम का) सबसे रोचक अङ्ग [as a ~ to the day's cultural programme]; *vi* & *t* चरम सीमा तक पहुंचना या पहुंचाना, चरम सीमा होना

climb क्लाइम *vt* & *i* & *n* 1 चढ़ना (वि० हाथों से पकड़ कर), ऊपर जाना (to ~ a mountain पर्वत पर चढ़ना), 2 to ~ **over** a wall दीवार को फाँदना, 3 the road ~s सड़क में चढ़ाई है, 4 to ~ **down** the cliff चट्टान से उतरना, to ~ **down** (*vi*) हार मानना, गलती मानना; *n* चढ़ाई, चढ़ाव, आरोहण; **climb-down** (i) उतराई, अवरोहण, (ii) *fig* हार या गलती की स्वीकृति; घोषित संकल्प का परित्याग

climber क्लाइमर *n* 1 पेड़ या दीवार पर चढ़ने वाली बेल, आरोही लता, 2 चिड़िया-विशेष, 3 परिश्रम करके समाज में प्रतिष्ठा (या प्रतिष्ठित पद) पाने वाला व्यक्ति, 4 पर्वतारोहण करने वाला, पर्वतारोही, पर्वतारोहक

clime क्लाइम *n* (*poet*) जलवायु, देश, प्रदेश; **in all times and ~s** सभी कालों और सभी देशों में

clinch क्लिन्च *vi* & *t* & *n* 1 (of boxers) गुत्थमगुत्था होना, 2 *vt* **to ~ the argument** (निर्णायक दलील दे कर) बहस का फ़ैसला करना, बहस खतम कर देना, That ~es the argument अब कोई सन्देह नहीं रहा, बहस खतम !, 3 **to ~ the bargain** सौदा तय या पक्का करना, **to ~ the issue** मामला निपटाना; **~er** *n* (*colloq*) बहस का फ़ैसला करने वाली दलील, निर्णायक तर्क

cling क्लिङ्ग *vi* (clung) चिपकना, चिमटना, लगना, **to ~ to** (a friend, habit, an idea), (मित्र का) साथ देना, वफ़ादार रहना, (आदत से) चिपके रहना, (आदत) न छोड़ना, (विचार पर) दृढ़ रहना, जमे रहना; **to ~ together, to ~ to one another** एक दूसरे का साथ देना, एक दूसरे से चिपके या चिमटे रहना

clinic क्लिनिक *n* 1 चिकित्सालय, अस्पताल, 2 ऐसा अस्पताल जहाँ रोगी-निरीक्षण के साथ-साथ डाक्टरी की शिक्षा दी जाये, क्लिनिक, 3 निदानशाला, रोग जांचगृह

clinical क्लिनिकल *a* चिकित्सासंबंधी; डाक्टरी शिक्षा संबंधी, ~ **thermometer** डाक्टरी थर्मामीटर, ~ **laboratory** नैदानिक प्रयोगशाला

clink क्लिंक *n* & *vi* & *t* शीशे के गिलासों के टकराने की आवाज़, झनकार, *vi* & *t* झनकना, झनकारना

clinker क्लिंकर *n* खंगर

clip^{1} क्लिप *vt* & *n* कस कर पकड़ना, जकड़ना; *n* चुटकी, क्लिप

clip^{2} *vt* & *n* 1 (कैंची आदि से) कतरना, बाल या ऊन काटना, काट के छोटा कर देना, to ~ the wings of a bird पक्षी के पंख या पर कतर देना, **to ~ s.o.'s wings** किसी के पर कतरना, पङ्गु बना देना (जिससे कि अपने ध्येय का अनुसरण न कर पाये), 2 (लिखने में) कोई शब्द छोड़ देना या छोड़ जाना, शब्द का कोई अक्षर छोड़ देना; *n* 1 बाल या ऊन की कटाई, 2 काटे हुए ऊन की मात्रा, 3 चलचित्र का अंश

clipper *n* 1 कैंची, कतरनी, 2 द्रुतगामी जहाज़, तीव्र पोत

clipping *n* कतरन [newspaper -~s]

clique क्लीक *n* गुट, दल, मण्डली (जो खास-खास लोगों को ही अपने में मिलाये)

clitoris क्लिटरिस *n* भगांकुर

cloak क्लोक *n* & *vi* & *t* 1 (ढीला-ढाला और प्राय: बिना बाजू का) चोगा, लबादा, अंगरखा, 2 आवरण, परदा, चादर, 3 *fig* आड़, ओट, भेस, छद्म, छद्मवेश, बहाना, **under the ~ of religion** धर्म की आड़ में, **~-room** यात्री सामान घर; *vi*, *vt* 1 चोगा पहनना या पहनाना, 2 पर्दा डालना, भेस बदलना, भेस बनाना, 3 छिपाना [to ~ one's purpose etc]

clock^{1} क्लॉक *n* 1 घड़ी, What o'clock is it ? क्या बजा है ? It is, one o'clock, two o'clock एक बजा है, दो बजे हैं, 2 **round the ~** बारहों घंटे, चौबीसों घंटे, रात-दिन, लगातार, अविराम, to sleep round the ~ बारह घंटे सोना, **round-the-clock** *attrib:* चौबीसों घंटे का, दिन-रात का [a round-the-clock curfew], 3 **to put the ~ back** (*fig*) पश्चगामी कदम उठाना, प्रति-

क्रियावादी कार्यवाही करना, 4 **clockwise** जो केन्द्र में स्थित व्यक्ति को बाईं ओर से दाहिनी ओर घूमता दिखाई दे, दक्षिणावर्त; **counter-clockwise** वामावर्त, **like clockwork** यन्त्रवत्, अपने आप, नियमित रूप से, ठीक ढंग से [Everything is going like clockwork]

clock^{2} *vi* & *t* 1 (of factory workers etc) **to ~ in** इतने बजे आना, to ~ out इतने बजे जाना; *vt* (*collog*) स्टाप-वाच से (दौड़ पूरी करने का) समय मापना; the racehorse was ~ed at two minutes thirty seconds घोड़े को ढाई मिनट लगे

clod क्लॉ`ड *n* 1 मिट्टी का ढेला, 2 the clod धरती, भूमि, खेत की मिट्टी; जड़ वस्तु, जड़ पदार्थ, पार्थिव शरीर, 3 **~-hopper**, **~-poll** बुद्धू, उल्लू, मिट्टी का घोंघा, देहाती, गँवार; **~dish** *a* बुद्धू-सा

clog^{1} क्लॉ`ग *n* 1 चलने में रुकावट डालने के लिए पशु की टांग से बांधा गया लकड़ी का कुन्दा, 2 रुकावट डालने वाली कोई भी चीज़, रुकावट, बाधा, विघ्न, अड़चन, अड़ँगा, अटकाव, 3 एक प्रकार की खड़ाऊँ

clog^{2} *vt* & *i* (-gg-) 1 भार या बोझ डालना या होना, 2 रोकना, रुकना; रुकावट डालना, बाधा डालना, अड़ंगा लगाना, जाम करना, जाम होना; to ~ the wheels of the administration प्रशासन के काम में बाधा डालना

cloggy क्लॉ`गि *a* 1 गांठदार, ढेलेदार, 2 चिपचिपा

cloister क्लॉ`इस्टर *n* & *vt* 1 ईसाई साधुओं (वि० साध्वियों) का संघ, 2 (साधुओं के रहने का) आश्रम या विहार या मठ; 3 **the ~** एकान्त वास, मुनियों की तरह संसार से **अलग-थलग** रहना, 4 गिरजे आदि में बना बरामदे की तरह का छायादार रास्ता; *vt* आश्रम के अन्दर बन्द कर देना; **to lead a ~ed life** मुनियों की तरह संसार से अलग-थलग रहना, मुनि-जीवन व्यतीत करना

cloistral क्लॉ`इस्ट्रल *a* (see prec) आश्रम-संबंधी, विहार-संबंधी, दुनिया से अलग-थलग

close^{1} क्लोस *a* & *adv* 1 बन्द, संवृत, **~ vowel** स्वर जिसके उच्चारण में मुंह बहुत कम खोला जाये, संवृत स्वर, 2 ~ air बन्द हवा, घुटन, उमस; ~ prisoner कैदी जिस पर कड़ी नज़र रखी जाये, जिसकी कड़ी निगरानी की जाये, **~ secret** गहरा या दुर्ज्ञेय रहस्य, **~-fisted** *a* कंजूस, 3 पास-पास, घना, सघन, ठोस, **~ texture** ठोस बुनाई, घनी बुनावट, cloth of ~ texture गफ कपड़ा, ~ writing पास-पास की गई लिखाई या लिखावट, **~ quarters** निकट सम्पर्क, I have seen him at ~ quarters मैंने उसे बहुत पास से देखा है, मैं उसके निकट सम्पर्क में आया हूं, 4 निकट, समीप, घनिष्ठ, **~ proximity** अत्यन्त समीपता, सन्निकटता, सान्निध्य, **a ~ shave** टक्कर या दुर्घटना या संकट से बाल-बाल बचना, बाल-बाल बचाव; **~ resemblance** आत्यन्तिक सादृश्य, बिल्कुल मिलता-जुलता होना, हू-बहू मिलना, **~ connection** घनिष्ठ संबंध, **~ translation** यथार्थ अनुवाद, ज्यों का त्यों या हू-बहू अनुवाद, 5 लगभग बराबर का, **~ contest** बराबर का मुकाबला, बराबर की टक्कर **~ finish** दौड़ जिसमें प्रतियोगी लगभग साथ-साथ पहुँचें, बराबर की दौड़ या मुकाबला, the British election is heading for a ~ finish लगता है ब्रिटिश चुनाव में (मुख्य) दलों का मुकाबला बराबर का रहेगा, 6 ध्यानपूर्वक, सूक्ष्म, **~ examination, scrutiny, etc** ध्यानपूर्वक या सूक्ष्म निरीक्षण, **~ attention** अत्यन्त सावधानी या मनोयोग, **~ argument** त्रुटिहीन तर्क, **~ reasoner** तर्क में एक-एक बात का ध्यान रखने वाला; **~-up** *n* बहुत पास से लिया गया फ़ोटो-चित्र या सिनेमा-चित्र (जिसमें व्यक्ति आदि का आकार बड़ा दिखाई देता है), निकट-चित्र, 7 **~ time, ~ season** (शिकार आदि की) मनाही का समय, मनाही के दिन, निषेध-काल, 8 लगभग, **~ upon** two hundred guests लगभग दो सौ अतिथि, to be ~ on fifty लगभग पचास वर्ष का होना, **~ (up)on** nine o'clock लगभग, नौ बजे, नौ बजने से कुछ ही क्षण पहले, 9 गुप्त, छिपा हुआ, **to keep ~, to lie ~** छिपे होना, छिप कर बैठना, *adv* **~ at hand, ~ by** बहुत निकट, [the examination is ~ at hand; my friend was ~ by]; to stand, sit, ~ सट कर खड़े होना, बैठना

close^{2} *n* 1 घेरा, अहाता, बाड़ा, चारों ओर से घिरा हुआ स्थान, 2 स्कूल का खेल का मैदान, गिरजे का अहाता, 3 बन्द गली

close^{3} क्लोज़ *n* 1 अन्त, अवसान, समाप्ति [at ~ of play]; the holidays are drawing to a ~ छुट्टियां खतम हो रही हैं, 2 to come to a ~ (पहलवानों आदि का) गुत्थमगुत्था होना

close^{4} क्लोज़ *vt* & *i* 1 (ढक्कन, दरवाज़ा, कमरा, सड़क, दुकान, कारोबार आदि) बन्द करना, बन्द होना, **closing time** दुकान बन्द करने का समय; (आंखें) मूंदना, 2 समाप्त करना, पूरा करना, निपटाना, चुकाना, to ~ one's days मरना, जीवन-लीला समाप्त करना, to declare the discussion ~d बहस-समाप्ति की घोषणा करना, 3 **to ~ a bargain** *or* **deal** सौदा तय करना, **to ~ with the offer, terms, etc** पेशकश, शर्तें आदि उत्सुकता से स्वीकार करना, **to ~ with s.o.** (i) किसी के साथ सौदा तय करना, (ii) किसी के साथ गुत्थमगुत्था होना, 4 **to ~ up= to ~ the ranks** सटना, पास-पास आना या लाना; संगठित हो जाना, 5 **to ~ in,** (i) पास आना, पास आते जाना, **to ~ in on s.o.** घेर लेना, घेरते हुए निकट आते जाना, **to ~ in,** (ii) क्रमशः छोटा होते जाना [the days are closing in]; **to ~ down,**

(कारखाना, कारोबार आदि) बन्द करना या होना

closely क्लोस्लि *adv* ध्यानपूर्वक, सावधानी से, सूक्ष्मता से, बारीकी से, **a ~-guarded secret** बहुत छिपा कर रखा हुआ रहस्य, दुर्ज्ञेय रहस्य

closeness क्लोस्निस *n* **1** निकटता, **2** घनिष्ठता [~ of their friendship], **3** हू-बहू होना, the ~ of the resemblance आश्चर्यजनक या आत्यन्तिक सादृश्य, **4** उमस, घुटन, **5** चुप्पी, बहुत कम बोलने का स्वभाव

closet क्लोज़िट *n* **1** छोटा कमरा, कक्ष, पढ़ने का कमरा, किसी से एकान्त में बातचीत करने का कमरा (so *vb*, **to be ~ed with s.o., to be ~ed together** किसी के साथ एकान्त में बातचीत या विचार-विनिमय या मन्त्रणा करना, **2** अलमारी, **3** =water-~ शौचागार

closure क्लोश्ज़र *n* & *vt* **1** बन्द करना, समाप्त करना, समाप्ति, अन्त, **2** (संसद् में) बहस की (तुरन्त) समाप्ति का प्रस्ताव, बहस को तुरन्त समाप्त करके किसी मामले पर वोट लेने का प्रस्ताव; **closure = closure motion** [N.B. The closure is a provision by which debate can be cut short in spite of the wish of a minority to continue it. The closure is brought into operation by a motion 'That the Question be now put']; *vt* (बहस को) बन्द करना, रोक देना, वक्ता को (बोलने से) रोक देना

clot क्लॉट *n* & *vt* (-tt-) थक्का, लोंदा, **~ of blood**=thrombosis *q.v.*, *vt* थक्का बनाना या हो जाना; ~ted hair जटा, जटाजूट, ~ted nonsense बेहूदा बात, बेहूदगी, बकवास, अनर्गल प्रलाप

cloth क्लॉथ *n* (*pl* ~s क्लॉद्ज़) कपड़ा, वस्त्र, पहनावा; American ~ मारकीन; **~ of gold** *or* **silver** ज़री, ताश (नामक कपड़ा); **to lay the ~** दस्तरखान बिछाना, खाना लगाना; **to cut one's coat according to one's ~** आय के अनुसार व्यय करना, जितनी चादर हो उतने पाँव फैलाना; **~s** तरह-तरह का कपड़ा

clothe क्लोद *vt* (~d *or* clad) कपड़े पहनाना, ढकना, ढाँपना, आच्छादित करना, the body ~s the soul शरीर आत्मा का परिधान है, to ~ ideas **in** words विचारों को शब्दबद्ध करना

clothes क्लोद्ज़ *n pl* पोशाक, पहनावा

clothier क्लोदियर *n* कपड़े का व्यापारी, बजाज, वस्त्रविक्रेता, सिले-सिलाये कपड़ों का व्यापारी

cloud^1 क्लाउड *n* **1** बादल, बदली, मेघ, घटा, **cloud-burst** एकाएक मूसलाधार वर्षा, **~scape** मेघमाला का चित्र, मेघमाला का मनोरम दृश्य, **2** धुंधलापन, गर्द-गुबार, **3** समूह, ~ of birds, horsemen पक्षियों, घुड़सवारों के दल-बादल, ~ of arrows तीरों की घटा, **4** अन्धकार, पर्दा (under the ~ of night रात के अन्धेरे में या पर्दे में), **5 in the clouds** रहस्यमय, अवास्तविक, काल्पनिक (विषय, योजना आदि), अन्यमनस्क (व्यक्ति), **he has his head** (*or* **he is**) **in the ~s** *fig* वह वास्तविक स्थिति पर ध्यान नहीं दे रहा, उसका ध्यान कहीं और है; वह कल्पना जगत् में विचर रहा है, **6** चिन्ता, निराशा, दुःख, मुसीबत, सन्देह **to, be under a ~** (i) बुरे दिन होना, मुसीबत में होना, (ii) सन्देहास्पद होना, कृपापात्र न रहना; **every ~ has a silver lining** निराशा में भी आशा की झलक दिखाई देती है

cloud^2 *vt* & *i* **1** मेघों से ढक देना या ढक जाना, बादलों से घिर जाना, बादलों का घिर आना, **2** धुँधला करना, **to ~ s.o.'s mind** किसी के मन में भ्रम पैदा करना, किसी को भ्रम में डालना, **to ~ the issue** बात या प्रश्न को उलझाना, प्रश्न के विषय में भ्रम पैदा करना

cloudy क्लाउडि *a* **1** मेघाच्छन्न, मेघाच्छादित, **2** धुंधला, ~ ideas धुंधले विचार

clough क्लफ़ *n* गहरा खड्ड (वि० पहाड़ियों के बीच)

clout क्लाउट *n* & *vt* (*arch* & *dial*) **1** थिगली (लगाना), पैवन्द (लगाना), **2** हल्की चोट (लगाना), खटखट (करना), **3** बूट के तले में लगाने का पत्तर; *vt* पत्तर लगाना

clove^1 क्लोव *n* लहसुन आदि की आँड़ी

clove^2 *n* लौंग, लौंग का पेड़, oil of ~s लौंग का तेल

clover क्लोवर *n* चारे के काम आने वाली घास-विशेष, **to be, live, (like pigs) in ~** सुख-समृद्धि का जीवन बिताना

clown क्लाउन *n* **1** गंवार, देहाती, उजड्ड, अशिष्ट, असभ्य, **2** भाँड़, मसख़रा, विदूषक; **~ery** *n* भाँड़पन, मसख़रापन; **~ish** *a* असभ्य, उजड्ड

cloy क्लॉइ *vt* (भोजन, मनोविनोद आदि का) अतितृप्त करना, छकाना, उबाना, उकताना [~ed **with** pleasure]

club^1 क्लब *n* **1** डंडा, सोंटा (वि० जिसका एक सिरा दूसरे से अधिक मोटा हो); गदा, **2** (cards) चिड़िया (का पत्ता), **3** गोष्ठी, सभा, मजलिस, क्लब, मंडली, **4 ~-footed** *a* पाँवफिरा

club^2 *vt* & *i* **1** डंडे से पीटना, to ~ **s.o.** to death डंडे मार-मार कर मार डालना, **2** (विभिन्न व्यक्तियों का) एक कोष में (रुपया) डालना, धन एकत्र करना, **3** *vi* **to ~ together** *or* **with** (समान उद्देश्य के लिए, वि० धन एकत्र करने के लिए) मिल जाना, मिल कर काम करना [We'll ~ together to help the flood victims]

clubbable *a* क्लब या गोष्ठी का सदस्य बनने योग्य

cluck क्लक *n* & *vi* मुर्गी की आवाज (निकालना), कुट कुट (करना)

clucky *a* = clocking, अंडे सेती हुई (मुर्गी)

clue क्लू *n* 1 वह तथ्य या सिद्धान्त जिससे किसी समस्या को हल करने या रहस्य को समझने में मदद मिले, संकेत, इशारा, पता, अता-पता, निशान, चिन्ह, गुर, सूत्र, कुंजी [I found the ~ to the mystery], 2 कहानी का क्रम, विचारों का क्रम या सिलसिला, विचारश्रृंखला

clump क्लम्प *n* & *vt* & *i* 1 (पेड़ों या झाड़ियों का) समूह, झुंड, झुरमुट, झाड़-झंखाड़, 2 जूते का दोहरा तल्ला; *vt* 1 ढेर लगाना, घने वृक्ष या घनी झाड़ियां लगाना या उगाना, 2 भारी कदमों से चलना, 3 जूते में दोहरा तल्ला लगाना

clumsiness *n* 1 भद्दापन, 2 अनाड़ीपन

clumsy क्लम्जि 1 भद्दा, भोंडा, बेढंगा, बेडौल, 2 अनाड़ी, फूहड़, अकुशल

cluster क्लस्टर *n* & *vt* & *i* 1 गुच्छा; (वृक्षों, पशुओं, मनुष्यों का) झुंड, समूह, समुदाय, ~ of stars तारा-पुंज; *vt* & *i* इकट्ठा करना या होना, जमा करना या होना, भीड़ लगाना

clutch^1 क्लच *vt* & *i* 1 उत्सुकता से ग्रहण करना, मज़बूती से पकड़ना, 2 *vi* to ~ at sth किसी चीज पर झपटना, झपट्टा मारना, छीनना

clutch^2 *n* 1 पकड़, मुट्ठी, चंगुल, **to be in s.o.'s ~es** किसी के चंगुल में या वश में होना, **to fall into s.o.'s ~es** किसी के चंगुल में फंसना, 2 शिकंजा, 3 यन्त्र का वह भाग जिसके प्रयोग से उसके पुर्ज़े काम करने लगते हैं या रुक जाते हैं, क्लच

clutch^3 *n* (एक मुर्गी आदि के) अंडों का ढेर; चूज़ों का झुंड

clutter क्लटर *n* & *vt* 1 बिना क्रम के रखी चीज़ों का ढेर; कूड़ा-करकट, काठ-कबाड़, 2 गड़बड़, अस्त-व्यस्तता, क्रमरहित अवस्था, बेतरतीबी [**The files were in a ~**], *vt* **to ~ up (with)** बेतरतीबी से सामान भरना या बखेरना; the room was ~ed up with all sorts of things बेतरतीबी से रखी गई तरह-तरह की चीज़ों से कमरा भरा पड़ा था

co-accused *a* सहाभियुक्त, साथ का मुलज़िम

coach कोच *n* & *vi* & *t* 1 बग्घी; (प्रायः चार पहियों और चार घोड़ों वाली) सवारी की गाड़ी, 2 (रेल का) सवारी-डिब्बा, 3 शिक्षक, घर पर पढ़ाने वाला, 4 खेलकूद का प्रशिक्षण देने वाला, खेलकूद-प्रशिक्षक, 5 **to drive a coach and six through an Act of Parliament** (*lit* संसद्-कानून को छः घोड़ों वाली गाड़ी तले रौंदना), संसद् द्वारा पास किये गयें कानून में दोष बता कर उसे बेकार कर देना, **~-box** कोचवान के बैठने की जगह; *vi* 1 बग्घी से सफ़र या यात्रा करना, 2 *vt* छात्र को परीक्षा के लिये तैयार करना या पढ़ाना, खेल-कूद प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षण, देना; **~ing** *n* अनुशिक्षण

coaching traffic सवारी और पार्सल आदि का यातायात

coachman *n* कोचवान, गाड़ीवान; **~ship** *n* कोचवानी, गाड़ीवानी

coadjutor को-ऐजुटर *n* सहायक; बिशप का सहायक (जो उसका उत्तराधिकारी बन सके)

coagulate कोऐग्युलेट *vt* & *i* गाढ़ा करना या होना, जमाना, जमना, घनीभूत करना या होना, थक्का बनाना या बनना, **coagulation** *n* जमाव, जमावट

coal कोल *n* & *vt* & *i* 1 कोयला; **live ~s** अंगारे, **to heap ~s of fire on s.o.'s head** किसी के साथ भलाई के बदले बुराई करना जिससे कि उसे अफ़सोस हो; to blow the ~s (क्रोध, कलह आदि की) आग भड़काना, **to haul s.o. over the ~s** डांटना, फटकारना, भर्त्सना करना, झिड़कना, **to carry coals to Newcastle** बेकार का काम करना, उलटे बांस बरेली को, 2 *comb:* **~-bed, ~-seam** कोयले की परत या तह, **~-dust** कोयले का चूरा, **~-field** कोयला-क्षेत्र, **~-mine, ~-pit** कोयले की खान, **~-tar** कोलतार, तारकोल, डामर; (*vt*) to coal (a ship) (जहाज में) कोयला भरना या लादना; *vi* (of ship) कोयला भरना या लेना

coalesce कोअलेंस *vi* मिल जाना, मिल कर एक होना, इकट्ठा होना, जुड़ना, सम्मिलित होना, संयुक्त होना, (राजनीतिक दलों का मिलकर) संयुक्त दल बनाना

coalescence कोअलेंसन्स *n* (see prec) संयोग, मेल, मिलाप, सम्मिलन, संहति

coalition कोअलिशन *n* 1 संयोग, मेल, संहति, 2 (विभिन्न सिद्धान्तों वाले राजनीतिक दलों का उद्देश्य-विशेष के लिए) सम्मिलन, संयोग, गँठजोड़, ~-government *or* ministry संयुक्त सरकार या मन्त्रिमण्डल; **~ist** *n* संयुक्त सरकार या मन्त्रिमण्डल बनाने का पक्षपाती या समर्थक, (राजनीतिक) दलों के गँठजोड़ का समर्थक

coarse कॉर्स *a* 1 घटिया, मोटा, **~ cloth** मोटा या घटिया कपड़ा, **~ grain** मोटा अनाज, 2 (व्यक्ति) मोटी अक्ल का, गँवार, उजड्ड, अशिष्ट, अरसिक, रूखा, 3 (भाषा) अशिष्ट, अपरिष्कृत, अपरिमार्जित, गँवारू, ~ voice भद्दी या मोटी आवाज, 4 ~ metal कच्ची धातु, 5 ~ wood खुरदरी लकड़ी; **~ly** *adv* भद्दी तरह से, अशिष्टता से; **~ness** *n* 1 मोटापन, घटियापन, 2 अशिष्टता, 3 अश्लीलता

coast^1 कोस्ट *n* 1 (= sea-coast) समुद्र-तट, **the coast in clear** (see under 'clear' *adj*), 2 (U.S. & Canada) बर्फ़-गाड़ी में बैठ कर पहाड़ी पर से फिसलते-फिसलते नीचे आना, 3 साईकल पर बैठ कर बिना पैर मारे या पैर ऊंचे करके पहाड़ी पर से नीचे आना, 4 *comb:* **~guard** नौ-विभाग की समुद्रतटवर्ती पुलिस-चौकी, **~-line** समुद्रतट-रेखा, (**rugged coastline** कटा-फटा समुद्रतट)

coast^{2} *vi* **1** समुद्र-तट के साथ-साथ जहाज या नाव चलाना, **2** एक ही तट के बन्दरगाहों के बीच व्यापार करना, तटीय व्यापार करना; **3** & **4** See coast *n* 2 & 3

coastal कोस्टल *a* तटवर्ती, तटीय; **coaster** कोस्टर *n* समुद्र-तट के साथ-साथ चलने वाला जहाज, तटपोत

coat कोट *n* & *vt* **1** कोट, great coat बड़ा कोट, ओवर कोट, **coat of arms** (i) राजा के दूत का राज-शस्त्राङ्कित कोट, (ii) कुलीन-पुरुष की कुल-चिन्हाङ्कित ध्वजा अथवा ढाल, कुलचिन्ह, **to cut one's ~ according to one's cloth** (see cloth); **to turn one's ~** पक्ष बदलना, दूसरे पक्ष या दल से जा मिलना, साथ छोड़ना, **2** (रंग या रोगन का) लेप, **3** जानवर का समूर; *vt* लेप करना, लीपना, पोतना, रोग़न करना, to ~ sth **with** paint, tar, etc किसी चीज पर रोगन करना, तारकोल या कालिख पोतना; **coating** *n* **1** लेप, रोग़न या पलस्तर की तह, **2** कोट का कपड़ा

coax कोक्स *vt* & *i* चिकनी-चुपड़ी बातों से राजी कर लेना, मनाना, फुसलाना, पुचकारना, बहलाना, खुशामद करना, to ~ s.o. **into doing** sth चापलूसी से या चिकनी-चुपड़ी बातें करके किसी से कोई काम करवाना, to ~ sth **out of s.o.** चापलूसी से किसी से कोई चीज ले लेना (see also cajole)

co-axial को-ऐक्सियल *a* समान अक्ष वाला, समाक्ष; ~ **cable** रबड़ आदि की नली जिसमें एक-दूसरे के अन्दर दो विद्युद्वाही तार होते हैं, समाक्ष केबल

cob^{1} कॉब *n* **1** (नर) हंस (=**cob-swan**), **2** छोटी टांगों वाला (सवारी का) घोड़ा

cob^{2} *n* मिट्टी, रोड़ी और भूसे का मिला गारा

cobalt कोबॉल्ट *n* लाल-सलेटी रंग की धातु-विशेष; इस धातु से बनने वाला गहरा नीला रंग

cobble^{1} कॉबल *n* & *vt* **1** (= **~-stone**) पानी की रगड़ से गोल हुआ पत्थर जो पटरी पर बिछाया जाता है, बट्टी, बटिया, फ़र्शी पत्थर, **2** *vt* (गोल पत्थरों से) फ़र्श करना, बटिया बिछाना

cobble^{2} *vt* जूता गाँठना, मरम्मत करना, थिगली लगाना, पैवन्द लगाना; भद्दा काम करना

cobbler कॉब्लर *n* **1** मोची, **2** भद्दा काम करने वाला, अनाड़ी

cobra कोब्रः *n* फन वाला सांप, फणी, फनियर-नाग

cobweb कॉब्-वॅब *n* **1** मकड़ी का जाला, मकड़-जाल, **2** मकड़ी के जाले-जैसा सूक्ष्म या महीन कपड़ा या कोई और चीज, **3** सूक्ष्म एवं कल्पनामूलक तर्क या दलील, **4** कूड़ा-करकट, निकम्मी चीज, **~s of the law** कानून का कूड़ा-करकट, निकम्मे कानून, **to blow away the cobwebs** पुरानी बातों को हटाना; खुली हवा में विचरना, शुद्ध वातावरण में रहना

coca कोकः *n* **1** कोका, (दक्षिण अमरीका के बोलिविया-प्रदेश में उगने वाली) झाड़ी विशेष और उसकी पत्तियां (जिन्हें हल्का नशा लाने के लिये चबाते हैं)

cocaine ककेन *n* (see prec) कोका से बनने वाली दवा जो शरीर के अंग को सुन्न कर देती है, कोकेन

cock^{1} कॉक *n* **1** मुर्गा, नर-पक्षी, ~-sparrow नर-चिड़िया, चिड़ा, **a cock-and-bull story** कपोल-कल्पना, कपोलकल्पित या मनगढ़न्त कहानी, गप, **~fighting** मुर्गा लड़ाना, that cock won't fight यह बहाना नहीं चलेगा, यह तदबीर नहीं चलेगी, **~ of the walk** मुखिया, सरदार, चौधरी, **every ~ fights best on his own dunghill** अपनी गली में कुत्ता भी शेर होता है, at ~-crow बहुत सवेरे, पौफटते ही, **2** (बन्दूक का) कुत्ता या घोड़ा, **3** टोंटी, *vulg* शिश्न

cock^{2} *vt* & *i* **1** खड़ा करना, तन कर खड़े होना, **to ~ the ears** (घोड़े का) कान खड़े करना, चौकन्ना होना, **to ~ one's eye at s.o.** किसी को कनखियों से देखना, आँख मारना, **to ~ one's hat** टोप या टोपी को तिरछा पहनना (जिससे कि एक कान ढक जाये), **2 to ~ a** gun (गोली चलने के लिए) बन्दूक का कुत्ता चढ़ाना

cock^{3} *n* (see prec) **1** कनखी, आंख का इशारा, **2** टोपी का तिरछापन, **3** बन्दूक का कुत्ता चढ़ा होना

cockatoo कॉकटू *n* एक प्रकार का कलगीदार तोता, काकातूआ

cockatrice कॉकट्राइस *n* = basilisk

cocker^{1} कॉकर *vt* **to ~ (up)** a child, an invalid (बच्चे या बीमार आदि से) लाड़-प्यार करना, दुलारना, सिर चढ़ाना

Cocker^{2} *n* **According to ~** बिल्कुल ठीक, सही, दुरुस्त [E. Cocker सत्रहवीं सदी का प्रसिद्ध गणित-अध्यापक]

cockerel कॉकरल *n* **1** मुर्गे का पट्ठा, मुर्गपट्ठा, **2** लड़ाका या झगड़ालू युवक

cock-eyed *a* (*sl*) भेंगा

cockle^{1} कॉकल *n* **1** एक प्रकार का खाद्य या भक्ष्य घोंघा, **~-shell** (i) घोंघे का ख़ोल, (ii) छोटी उथली नाव, **2 the ~s of one's heart** हृदय का अन्तरतम भाग, अन्तस्तल; to warm the **~s** of one's heart अत्यन्त प्रसन्न करना

cockle^{2} *vi* & *t* & *n* कपड़े, कागज आदि को मोड़ना, मरोड़ना, सिकुड़न पड़ना या डालना, शिकन पड़ना या डालना; *n* मोड़, सिकुड़न, शिकन, बल

cockney कॉक्नि *n* & *a* **1** लन्दन का रहने वाला (साधारण व्यक्ति), लन्दनिया, **2** लन्दन के जनसाधारण की बोली, **3** ~ accent लन्दनिया उच्चारण (जो शिष्ट वर्ग के उच्चारण की तरह शुद्ध नहीं होता)

cockpit कॉक्पिट *n* **1** मुर्गे लड़ाने का अखाड़ा, **2** अखाड़ा, युद्ध-क्षेत्र, युद्ध-स्थल [Belgium has been the ~ of Europe], 3 *arch* जहाज में घायलों को रखने का कमरा, 4 (विमान में) चालक-कक्ष

cockroach कॉक्रोच *n* तिलचटा, रसोईघर में रहने वाला गहरे भूरे रंग का कीड़ा जो रात को निकलता है

cocksure कॉक्शुअर *a* 1 अवश्यंभावी, 2 आत्म-विश्वासी, दृढ़निश्चयी, हठधर्मी, आग्रही, 3 जिसे पूर्ण या दृढ़ विश्वास हो; to be ~ **of, about,** sth किसी बात का पूरा विश्वास होना

cocktail कॉक्टेल *n* 1 (मदिरामिश्रित) **क्षुधावर्द्धक** पेय, ~ lounge (होटल में) ऐसा पेय लेने का कक्ष, पान कक्ष; ~ party पानगोष्ठी, 2 (टमाटर और फलों के रस का) क्षुधावर्द्धक पेय, 3 फलों का सलाद

coco, cocoa कोको *n* 1 **~(nut), ~nut palm** नारियल, खोपरा, खोपा, नारियल का पेड़, 2 **~nut** milk नारियल का पानी; ~nut fibre नारियल की जटा=coir; ~nut matting नारियल की जटा की चटाई

cocoa कोको *n* 1 ककाओ (cacao) के बीजों का चूर्ण, कोको, 2 कोको-मिला पेय, कोको

cocoon ककून *n* & *vt* वह कोष जो पतंगे (वि० रेशम के कीड़े) का डिम्भ पूर्ण कीट बनने से पूर्व अपनी रक्षा के लिये बनाता है, कीट कोष, रेशम का कोया; *vi* 1 कोया बनाना, 2 *vt* प्लास्टिक के आवरण से ढक देना [to ~ an engine, a car, etc]

cod कॉड *n* (= **~-fish**) एक प्रकार की बड़ी समुद्री मछली, काड; **~-liver oil** काड-यकृत तेल

coddle कॉडल *vt* & *n* किसी का बीमार की तरह बहुत ख्याल रखना, सर्दी आदि से बचाव करना, रोगी की शुश्रूषा करना, लाड़-प्यार करना [to ~ a child when he is sick]; *n* (*arch*) शुश्रूषा करने वाला; व्यक्ति जो अपना या दूसरों का बहुत ख्याल रखे

code कोड *n* & *vt* 1 एक मुख्य विषय से संबंधित अनेक नियमों या कानूनों का इस ढंग से किया गया संग्रह एवं संशोधन कि कहीं परस्पर-विरोध या पुनरावृत्ति न हो, संहिता, विधि-संहिता, **civil procedure** ~ (*abbr* C.P.C.) व्यवहार-विधि संहिता; जाब्ता दीवानी; **criminal procedure** ~ (*abbr* Cr.P.C.) दंडविधिसंहिता, जाब्ता दीवानी 2 नियमावली, 3 (समाज-विशेष के) सदाचार-नियम, मर्यादा [a moral ~], 4 (सेना या तार की) संकेत-भाषा, कूट-भाषा, संकेत-लिपि; *vt* 1 संकेत-भाषा या संकेत-लिपि में लिखना

codicil कॉडिसिल *n* परिशिष्ट; इच्छा-पत्र को रद्द करने या उसमें संशोधन करने के लिए जोड़ा गया परिशिष्ट, क्रोडपत्र

codify कॉडिफ़ाइ *vt* (see code) 1 संहिताबद्ध करना, 2 संकेत-भाषा या कूट-भाषा में लिखना

co-education को-एँजुकेशन *n* (लड़के-लड़कियों की) सह-शिक्षा; **co-ed** सह-शिक्षा संस्था का छात्र या छात्रा

co-efficient को-इफ़िशन्ट *n* 1 साथ काम करने वाला, सहयोगी या सहकारी (वस्तु या व्यक्ति), 2 *alg* गुणाङ्क (*e.g.* in 3x, 3 is the ~ of x; *phys* गुण-विशेष की मात्रा सूचित करने वाला अङ्क, गुणाङ्क, (~ of expansion विस्तार का गुणाङ्क)

co-equal *a* & *n* (*arch* or *emphatic*) समान, तुल्य

coerce कोअर्स *vt* & *i* 1 (बलप्रयोग या दबाव या डराने से किसी को चुप रहने या बात मानने या किसी काम के लिये) मजबूर करना, बाध्य करना, 2 **बलप्रयोग करना,** ज़ोर-ज़बरदस्ती करना, दबाना, दबाव **डालना, to** ~ s.o. **into doing** sth किसी को **कोई काम करने पर बाध्य करना**

coercion कोअर्शन *n* (see prec) बलप्रयोग, दबाव, जोर-जबरदस्ती, दमन, to act under ~ दबाव में आकर या बाध्य हो कर काम करना

coercionary *a* दमन करने वाला, दमनकारी, जोर-जबरदस्ती करने वाला

coercive *a* जोर-जबरदस्ती का, बलप्रयोग का, दबाव डालने का; दबाव डालने वाला

coessential कोइसेन्शल *a* समान तत्त्व का (बना हुआ)

coetaneous को-ईटेनियस *a* = **coeval** *a*

coeternal को-इटर्नल *a* समान रूप से शाश्वत, सहशाश्वत

coeval को-ईवल *a* & *n* 1 समान या उसी युग का (व्यक्ति), समकालीन; समसामयिक [Confucius was ~ **with** the Buddha; (*n*) they were ~s], 2 समान काल या अवधि तक रहने वाला (व्यक्ति या पदार्थ), समकालिक

co-exist को-इग्ज़िस्ट *vi* (दो वस्तुओं, विचार-धाराओं आदि का) साथ-साथ या एक साथ रहना, मिल कर रहना, सहयोग करना; एक ही काल में अस्तित्व रखना या विद्यमान होना [to ~ **with**]; **coexistence** *n* सह-अस्तित्व, सहयोग; **coexistent** *a* साथ रहने वाला, उसी काल में विद्यमान, सहवर्ती

coextensive *a* समान विस्तार वाला, समदेश-व्यापी; समान काल या अवधि तक रहने वाला, समकालिक

coffee कॉफ़ि *n* कहवा, काफ़ी (पेय), काफ़ी की झाड़ी तथा उसके कच्चे या भुने हुए बीज या उनका चूर्ण, **black** ~ बिना दूध की काफ़ी, **white** ~ दूध एवं मलाई सहित काफ़ी, **~-bean** काफ़ी के बीज, **~-house** कहवाखाना

coffer कॉफर *n* 1(रुपये, गहने आदि रखने का) बक्स, पेटी, तिजोरी, 2 ~s खजाना, कोष, the ~s of State सरकारी खज़ाना, 3 **coffer dam** (नदी में पुल की नींव डालने के लिए या जहाज की मरम्मत के लिए) सूखी खाई के चारों ओर पानी-रोक बांध, काफ़र-बांध, कोठी

coffin कॉफ़िन *n* & *vt* बक्स या पेटी जिसमें रख कर मुर्दा गाड़ा जाता है, ताबूत, शवपेटिका, **to drive a nail into one's** *or* **s.o.'s coffin** अपनी या

किसी की मृत्यु को निकट लाना, मौत को बुलावा देना

cog कॉग *n* दांता, दँदाना, किंगरी, I am only **a ~ in the machine** मैं मशीन का मामूली-सा पुर्जा-मात्र हूं, संस्था का मामूली सदस्य हूं, **~-wheel** दँतीला पहिया, दांतेदार पहिया

cogency कोजन्सि *n* (see foll) अकाट्यता, प्रबलता, बल, ज़ोर

cogent कोजन्ट *a* (तर्क, दलील आदि के विषय में) प्रबल, सबल, जोरदार, निश्चय कराने वाला, कायल करने वाला, अकाट्य

cogitable कॉजिटबल *a* 1 बुद्धिग्राह्य, समझ में आ सकने वाला, 2 जिसकी धारणा बनाई जा सके, कल्पनीय

cogitate कॉजिटेट *vi & t* 1 सोचना, सोच-विचार करना, विचार-विमर्श करना, चिन्तन करना, मनन करना, (सोच कर)उपाय निकालना, 2 *philos* (मन में किसी वस्तु की) धारणा बनाना, कल्पना करना; **cogitation** *n* विचार-विमर्श, मनन, ध्यान; **cogitative** *a* विचारशील मननशील, विचार-विमर्श का, मनन का

cognac कॉन्यैक *n* फ्रांसीसी ब्रांडी

cognate कॉग्नेट *a & n* 1 समान गोत्र या कुल का (व्यक्ति), सगोत्र, सजातीय, 2 समान मूल या प्रकृति या गुण वाला, 3 बन्धु, संबंधी, *philol* एक ही भाषा-परिवार से संबंधित (शब्द), एक ही मूल शब्द से संबंधित (*e.g. father* is ~ with the Latin *pater*), 4 (*gram*) **~ object** ऐसा कर्म जिसका अर्थ क्रिया से मिलता-जुलता हो, सहार्थी (*e.g.* he died a dog's death वह कुत्ते की मौत मरा); **~ness** *n* सगोत्रता, सजातीयता, एक ही मूल का होना, संबंध

cognation कॉग्नेशन *n* सजातीयता; बन्धुत्व (एक ही मूल शब्द से) संबंध

cognition कॉग्निशन *n* (*philos*) 1 जानने या समझने या ग्रहण करने की क्रिया या शक्ति, प्रमा, संज्ञान, अन्तर्ज्ञान, अन्तर्दृष्टि, बोध, ग्रहण, 2 अनुभूति, संवेदना; **cognitional, cognitive** *aa* संज्ञान-संबंधी, संज्ञानात्मक, संज्ञान का

cognizable कॉग्निज-बल *a* 1 ज्ञेय, प्रज्ञेय, बुद्धिगम्य, 2 (अदालत द्वारा) अवेक्षणीय, अदालत के अधिकार क्षेत्र में, पुलिस द्वारा हस्तक्षेप करने योग्य, **~ offence** पुलिस या अदालत के हस्तक्षेप या विचार करने योग्य अपराध

cognizance कॉग्निज़न्स *n* 1 ज्ञान, बोध, ध्यान, अवेक्षण, अवेक्षा, **to have ~ of sth** किसी बात का (सरकारी तौर पर) ज्ञान होना, **to take ~ of sth** किसी बात पर (सरकारी तौर से) ध्यान देना, किसी मामले में (सरकारी तौर पर) हस्तक्षेप करना, **to fall within, to go beyond, s.o.'s ~** किसी के अवेक्षाधिकार के अन्तर्गत (या बाहर) होना; किसी के द्वारा ध्यान देने योग्य होना (या न होना), 2 अवेक्षाधिकार, सरकारी तौर पर विचार या हस्तक्षेप करने का अधिकार; **cognizant** *a* ज्ञाता, संज्ञाता, प्रज्ञाता

cognize कॉग्नाइज़ *vt* (*philos*) ज्ञान या संज्ञान या बोध होना

cognomen कॉग्नोमेन *n* कुलनाम, वंशनाम (*e.g.* In the name Julius Caesar or Augustus Caesar, Caesar is the cognomen)

cognoscible कॉग्नॉसिबल *a* संज्ञेय, बोधगम्य, बुद्धिगम्य, ग्रहणयोग्य

cohabit कोहैबिट *vi* सहवास करना; **~ation** *n* सहवास

coheir को-ऍअर, **coheiress** -ऍअरिस *nn* सह-उत्तराधिकारी, सह-उत्तराधिकारिणी, सहदायाद

cohere कोहियर *vi* 1 (समूचे पदार्थ या उसके भागों का) जुड़ना, संयुक्त होना, 2 (तर्क या दलील का) संगत या सुसंगत होना

coherence *n* (तर्क, कथा आदि की) संगति, सुसंगति

coherent कोहियरन्ट *a* 1 चिपका हुआ, संसक्त, 2 (of speech, argument, etc) संगत, सुसंगत; सुसंबद्ध

cohesion कोहीश्ज़न *n* (f. cohere) 1 वह शक्ति जिसके प्रभाव से पदार्थों के अणु परस्पर जुड़े रहते हैं, अणुओं को परस्पर संसक्त रखने वाली शक्ति, संसक्ति, 2 संसक्त या संयुक्त या संघटित रहने की प्रवृत्ति, संसक्ति, संयोग, संघटन, the party lacks ~ दल में संघटन नहीं है

cohesive कोहीसिव *a* 1 संसक्तिशील; संसंजक, 2 संघटन का, संघटनात्मक

cohort कोहॉर्ट *n* रोमन सेना का डिवीज़न (जिस में ४२० से ६०० तक सैनिक होते थे), सैनिक दल, जत्था, गिरोह, टोली

coif कॉइफ़ *n* (*hist*) कनटोप

coign कॉइन *n* **~ of vantage** ऐसा स्थान जहां से कोई दृश्य अच्छी तरह दिखाई दे, बढ़िया प्रेक्षण-स्थान

coil^1 कॉइल *vt & i* 1 (रस्सी आदि को) मरोड़ना, बल डालना, बल पड़ना, कुंडल बनाना या बनना, 2 बल खाना, बल खाते हुए चलना

coil^2 *n* 1 गोलाकार या कुण्डलाकार वस्तु का विस्तार, घेर, 2 कुंडल, लच्छा, लच्छी, 3 घूंघर, घुंघराले बाल, 4 *colloq* =I.U.C.D. गर्भनिरोधक छल्ला

coil^3 *n* (*arch & poet*) बखेड़ा, झमेला; अशान्ति, गड़बड़ी, **to shuffle off this mortal coil** जीवन या संसार के बखेड़ों से छुटकारा पाना

coin^1 कॉइन *n* सिक्का, मुद्रा, रुपया, नकदी, **false ~** खोटा सिक्का; *fig* नकली या जाली चीज़, **to pay s.o. in his own ~** जैसे को तैसा करना, शठे शाठ्यम् समाचरेत्

coin^2 *vt* 1 धातु से सिक्का बनाना, सिक्का ढालना, **to ~ money** खूब रुपया कमाना, पैसा बनाना, 2 (शब्द) गढ़ना, आविष्कार करना; **~er** (वि०

जाली) सिक्का बनाने वाला

coinage कॉइनिज *n* 1 सिक्का ढलाई, टंकण, 2 सिक्का, मुद्रा, **decimal** ~ दशमलव मुद्रा, 3 गढ़न्त, कपोलकल्पना, कल्पित बात, the ~ of one's brain मनगढ़न्त, कोरी कल्पना, 4 आविष्कार, 5 गढ़ा हुआ शब्द

coincide को-इन्साइड *vi* 1 एक साथ (घटित) होना, एक समय होना और समान अवधि तक रहना, एक साथ पड़ना [My free time doesn't ~ with yours], 2 बराबर का देश या स्थान घेरना, समदेशीय या समस्थानीय होना, ठीक-ठीक ढक लेना, 3 (दो व्यक्तियों का) एक मत होना, एक विचार का होना, (दो बातों का) परस्पर अनुरूप होना, अनुकूल होना, to ~ **with** s.o. किसी से सहमत होना

coincidence कोइन्सिडन्स *n* 1 (see prec) समदेशत्व, समकालिकता, 2 (दो घटनाओं का) प्रत्यक्ष कार्यकारण संबंध न होते हुए एक साथ घटित होना, संयोग, दैवयोग, इत्तिफ़ाक [I was also there by ~], 3 अनुरूपता, अनुकूलता, सहमति

coincident कोइन्सि-डन्ट *a* 1 समदेशीय, समस्थानीय; समकालिक, 2 संयोग या दैवयोग से होने वाला, 3 अनुरूप, अनुकूल; **~al** *a* संयोग का, दैवयोग का, आकस्मिक; **~ly** *adv* संयोगवश, दैवयोग से

coinstantaneous को-इन्स्टन्टेनियस *a* ठीक उसी क्षण में होने वाला, तत्क्षण होने वाला, समक्षणिक

coir कॉइअर *n* नारियल की जटा

coition को-इशन *n* मैथुन, संभोग

coitus को-इटस *n* = prec

coke कोक *n* & *vt* पत्थरी कोयले के उड़नशील तत्व के निकल जाने के बाद बाकी बचा ठोस पदार्थ, कोक, ~ **oven** कोक भट्ठी; *vt* (कोयले से) कोक बनाना, **coking coal** कोक बनाने का कोयला

col कॉल *n* पर्वतमाला में निचान या नीची जगह, घाटी, कोल

co-latitude कोलैटिट्यूड *n* (*astr*) अक्षांश और ९०° का अन्तर, कोटिपूरक अक्षांश, कोटिशर

cold^{1} कोल्ड *a* 1 ठंडा, सर्द, शीतल, ice-~ बर्फ़ की तरह ठंडा, 2 ~-livered *fig* भाव शून्य, भावनारहित, उदासीन, 3 ~ steel तलवार, किरच आदि, 4 ~ meat पका कर ठंडा किया हुआ मांस या गोश्त, 5 to throw ~ water on a plan (see water *n*), 6 उत्साह-रहित, स्नेहरहित; उदासीनता का, बिना गरमजोशी का; **to give the ~ shoulder to s.o.; to give s.o. the ~ shoulder** रुखाई से पेश आना, किसी के प्रति उदासीनता का व्यवहार करना, **a ~ reception** उत्साहरहित स्वागत; the idea leaves me ~ मैं इस बात से बिल्कुल प्रभावित नहीं हुआ, मैं इस विषय में उदासीन हूं, 7 **~-blooded** (i) (व्यक्ति) सुस्त, आलसी; निर्दय, निष्ठुर; (ii) (काम) सोच-विचार के या जान बूझ के किया हुआ, निर्दयतापूर्ण, **in ~ blood** (see blood 3), 8 ~ **comfort** तुच्छ सान्त्वना, ~ news अरुचिकर समाचार, ~ **feet** (युद्ध करने या मोर्चे पर जाने में) डर; कायरता, ~ **war** शीत युद्ध (also see war 3), ~ **wave** शीत लहर, सर्दी की लहर, चिल्ला जाड़ा, ~ **storage** ठंडा गोदाम, शीतागार, **to put** (a scheme etc) **in cold storage** बिना निर्णय किये (योजना आदि को) अनिश्चित काल तक टाल देना, खटाई में डालना

cold^{2} *n* 1 ठंड, ठंडक, सर्दी, शीत, **to leave s.o. out in the** ~ किसी को बाहर अकेले में पड़े रहने देना, देखभाल न करना, **(be left) out in the** ~ उपेक्षित, 2 जुकाम, **to catch** ~ (see catch^{1}, 6)

colic कॉलिक *n* उदरशूल, सख़्त पेट-दर्द

colitis कलाइटिस *n* बड़ी आन्त की सूजन, बृहद्-आन्त्र शोथ (see colon^{1})

collaborate कलैब-रेट *vi* 1 मिलकर काम करना, सहयोग देना या करना, सहकारी या सहयोगी होना, हाथ बँटाना, 2 शत्रु के साथ मिल जाना; **collaboration** *n* सहयोग, सहकारिता, हाथ-बँटाई; **collaborator** *n* 1 साथी, सहयोगी, सहकारी, 2 शत्रु के साथ मिल जाने वाला, देशद्रोही, ग़द्दार

collapse^{1} कलैप्स *vi* 1 (छत, दीवार, इमारत आदि का) ढह जाना, गिर पड़ना, गिर जाना, दबना, सिमटना, 2 (व्यवस्था आदि का) टूटना, भंग या भग्न होना, समाप्त होना, असफल होना [Our plans ~d], 3 शारीरिक या मानसिक बल का एकाएक ह्रास होना, एकाएक बीमार पड़ना [If you work too hard, you may ~], 4 शिथिल होकर धड़ाम से गिर पड़ना, ढेर हो जाना, 5 हिम्मत हारना

collapse^{2} *n* (see prec) 1 पतन, भंग, 2 असफलता, हार, 3 (बल का) ह्रास; अवसाद, शैथिल्य

collapsible *a* सिमटने वाला, तह हो जाने वाला, टुटवाँ

collar^{1} कॉलर *n* 1 (कोट आदि का) कालर, 2 पट्टा, 3 ~-work *fig* कठोर परिश्रम, **~-bone** हँसुली

collar^{2} *vt* 1 (किसी को) कालर से पकड़ना, 2 *football* (हाथ में फुटबाल पकड़े हुए विरोधी खिलाड़ी को) पकड़ लेना और आगे न बढ़ने देना

collate कलेट *vt* 1 किसी लेख या अभिलेख की प्रतियों को अक्षरशः मिला कर देखना कि कहीं अशुद्धि तो नहीं रह गई, मिलाना, मिलान करना [to ~ copies of a document etc; to ~ one copy with another], 2 एकत्र या संकलित करना [to ~ information etc], 3 (पांडुलिपि आदि के पृष्ठों को) क्रम से जोड़ना

collateral कलैट-रल *a* & *n* 1 साथ का, बराबर का, समपार्श्व, 2 मुख्य विषय से अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित, प्रासंगिक, आनुषंगिक, सहायक, 3 सगोत्र, सपिण्ड, 4 **collateral (security)** अतिरिक्त प्रतिभू या ज़मानत, जायदाद की जमानत (न कि व्यक्ति की), रेहन रखी गई संपत्ति, रेहन; *n* 1 = ~ **security**,

2 = ~ kinsman सगोत्र संबंधी

collation क-लेशन *n* 1 (see collate) मिलान, 2 (R. C. Ch.) उपवास के दिन संध्या के समय किया जाने वाला हलका आहार, 3 अल्पाहार, उपाहार

colleague कॉलीग *n* साथ काम करने वाला, साथी, सहयोगी, सहकर्मी

collect^1 कॉलेक्ट *n* ईसाई प्रार्थना-संग्रह की कोई एक प्रार्थना

collect^2 कलेक्ट *vt & i* 1 इकट्ठा करना या होना, जमा करना या होना, एकत्र करना या होना, संग्रह करना, to ~ the letters चिट्ठियां या डाक लेना, लेने जाना, to ~ the luggage सामान लेना, 2 (चन्दा, ऋण, कर आदि) उगाहना, वसूल करना, 3 **to ~ oneself** होश में आना, सचेत होना, संज्ञा-लाभ करना, **to ~ one's thoughts** विचारों या चित्त को एकाग्रकरना, स्मृतिलाभ करना, **to ~ courage** (=to muster courage) साहस बटोरना, 4 *arch* निष्कर्ष या परिणाम या नतीजा निकालना; **~ed** *a* (of person) जो घबराया हुआ न हो, शान्त, प्रकृतिस्थ

collection क-लेक्शन *n* 1 उगाही, वसूली, चन्दा 2 संग्रह, संचय, संकलन, 3 अंबार, ढेर, समूह, समुदाय, भीड़

collective क-लेक्टिव *a* 1 सामूहिक, समवेत, सम्मिलित, संगठित, इकट्ठा, सब का, कुल; **~ ownership** सामूहिक स्वामित्व, सब की मिल्कियत, **collective bargaining** व्यवसाय-विशेष के श्रमिकों का संगठित होकर मालिकों के सामने मांगें रखना, सामूहिक सौदेबाजी, (*gram*) **~ noun** समूहवाचक संज्ञा

collectivism क-लेक्टिविज़म *n* उत्पादन के साधनों के सामूहिक स्वामित्व का सिद्धान्त, समूहवाद; **collectivist** *a* समूहवादी

collector क-लेक्टर *n* 1 इकट्ठा करने वाला, संग्रहकर्त्ता, उगाहने वाला, वसूल करने वाला, समाहर्त्ता, 2 ज़िलाधीश, कलक्टर; **~ate** *n* कलक्टर का कार्यालय या कार्यक्षेत्र; कलक्टरी

college कॉलिज *n* 1 कालिज, महाविद्यालय, उच्च शिक्षा संस्था, 2 गण, मंडल, **electoral college** निर्वाचक गण, निर्वाचक मंडल

collegian कलीजियन *n* कालेज का छात्र या स्नातक

collegiate कलीजियेट *a* कालिज का, कालिज-संबंधी [**~ life**]

collide क-लाइड *vi* 1 टकराना, टक्कर खाना, टक्कर लगना या होना, भिड़ना, भिड़ जाना, 2 मुठभेड़ होना, संघर्ष होना, खटपट होना, 3 विरोध होना, परस्पर-विरोधी होना [our aims ~]

collier कॉलियर *n* 1 कोयला-खान मजदूर, कोयला-खनक; 2 कोयला-वाहक जहाज; **~y** कॉलियरि *n* कोयले की खान

colligate कॉलिगेट *vt* (सामान्य या व्यापक कथन द्वारा विभिन्न तथ्यों का परस्पर) संबंध स्थापित या प्रतिपादित करना; **colligation** *n* संबंध-स्थापन

collimator कॉलिमेटर *n* दूरबीन आदि यन्त्र के शीशों को सीध में लाने के लिए साथ लगी छोटी दूरबीन, समान्तरित्र

collinear कलिनिअर *a* एक ही रेखा पर स्थित, समरेख, समरेखस्थ, सीध में

collision कलिश्ज़न *n* 1 टक्कर, संघट्टन, मुठभेड़, भिड़न्त, 2 (विरोधी विचारों, हितों आदि का) संघर्ष (**to come into ~ with** = to collide with), 3 टकराव, **~ course** (*fig*) टक्कर लेने या टकराव का मार्ग या नीति

collocate कॉलकेट *vt* 1 (तथ्यों या शब्दों को) साथ-साथ रखना, 2 क्रम से रखना, क्रमबद्ध करना, 3 (सैनिकों को) स्थान-विशेष में ठहराना

collocation कॉलकेशन *n* 1 सहस्थापन, 2 विन्यास

collocutor कॉलक्यूटर *n* संभाषणकर्ता, कथोपकथन या बातचीत करने वाला, *e.g.* my collocutor said मेरे साथ बातचीत करने वाले या मेरे संभाषक ने कहा

collogue क-लोग *vt* (षड्यन्त्र रचने के विचार से) गूढ़ालाप या विश्रम्भालाप करना, घुल-घुल कर बातें करना [to ~ with s.o.]

colloid कॉलॉइड *n* (*chem*) **कलिल**

colloquial कलोक्वियल *a* बोल-चाल का, भाषण संबंधी, बातचीत का, लोकभाषा का; **~ism** *n* बोल-चाल का शब्द या मुहावरा (जो शिष्ट या परिमार्जित भाषा में नहीं चलता), चलती भाषा

colloquium कलोक्वियम *n* साहित्यिक सम्मेलन या गोष्ठी (जिसमें निबंध पढ़े जायें)

colloquy कॉलक्वि *n* वार्तालाप, कथोपकथन, बातचीत, संभाषण

collude कल्यूड *vi* (*arch*) सांठ-गाँठ करना

collusion कल्यूश्ज़न *n* (प्रकट रूप से विरोधी प्रतीत होने वाले व्यक्तियों में) गुप्त संधि, साँठ-गांठ, कपट संधि, मिलीभगत, **to act in ~ with s.o.** किसी से गुप्त रूप से मिल कर काम करना, किसी से सांठ-गांठ करना; **collusive** *a* सांठ-गांठ का, कपट संधि का

collyrium कलिरियम *n* 1 अंजन, काजल, सुरमा, 2 *arch* घुलनशील दवा की बत्ती

colon^1 कोलन *a* (*anat*) बड़ी आंत, उण्डुक से लेकर गुदा तक का भाग, बृहदन्त्र

colon^2 *n*, विराम चिन्ह (:), द्विबिन्दुक

colonel कर्नल *n* रजमन्ट का सर्वोच्च अफसर, कर्नल

colonial कलोनियल *a & n* (f. colony) उपनिवेश का (निवासी), औपनिवेशिक, उपनिवेशसंबंधी; उपनिवेशी, **~ power** उपनिवेश (स्थापित करने) वाला देश; उपनिवेशी देश; **colonialism** *n* उपनिवेशवाद, उपनिवेश स्थापित करने की नीति

colonist कॉल-निस्ट *n* उपनिवेश-वासी; उपनिवेश बसाने वाला, उपनिवेशक

colonization कॉल-नाइज़ेशन *n* उपनिवेश बसाना

colonize *vt* & *i* नई बस्ती बसाना, उपनिवेश बसाना या स्थापित करना; उपनिवेश में बसना

colonnade कॉ॑ल-नेड *n* 1 खम्भों या स्थम्भों की पंक्ति, रतंभावली, 2 वृक्षपंक्ति, तरुराजि

colony कॉ॑ल-नि *n* 1 किसी देश से गये हुए लोगों द्वारा दूसरे देश में स्थापित बस्ती जो उनके मूलदेश के पूर्णतः या अंशतः अधीन होती है, बस्ती, नई बस्ती, उपनिवेश, 2 (किसी नगर में समान व्यवसाय या समान मूलदेश वाले लोगों की) बस्ती या मुहल्ला, उपनगर [a ~ of journalists; a ~ of artists]

colophon कॉ॑ल-फ़न *n* प्राचीन ग्रन्थों या पाण्डुलिपियों की अन्तिम पंक्तियां जिनमें ग्रन्थकर्ता के विषय में विवरण दिया जाता है, पुष्पिका

colo(u)ration कलरेशन *n* 1 रंग, रंगत, वर्ण; रंगाई, 2 (विविध) रंग भरने का ढंग, 3 (प्राणियों, वनस्पतियों या निर्जीव पदार्थों का) प्राकृतिक रंग या वर्ण-वैचित्र्य

colossal कलॉ॑सल *a* (f. foll) 1 बहुत बड़ा, वृहत्, विराट्, वृहत्काय, विशालकाय, 2 बहुत अधिक, बेहद, असीम

colossus कलॉ॑सस *n* (*pl* -i, -uses) 1 वास्तविक आकार से बहुत बड़ी प्रतिमा या मूर्ति, 2 कोई बहुत बड़ी वस्तु या संस्था या व्यक्ति, विशाल एवं शक्तिशाली साम्राज्य, भीमकाय या शक्तिशाली पुरुष आदि

colour^1 कलर *n* 1 रंग, वर्ण, **fundamental, primary, simple, ~s** मूल या मौलिक रंग (अर्थात् लाल, नीला और पीला), **secondary ~** दो मूल रंगों के मेल से बना रंग, मिश्रवर्ण, **~-blind** जो कुछ रंगों में (*e.g.* नीले और हरे में) भेद न कर सके, (U.S.) जो गोरों और कालों में भेद न करे, **colour-bar** रंगभेद या वर्णभेद (की नीति), (सामाजिक या कानूनी दृष्टि से) गोरे-काले का भेद, 2 चेहरे का स्वाभाविक रंग, रंग-रूप, लाली **to lose ~** (चेहरे का) रंग उतरना या उड़ना, रंग फ़क हो जाना, पीला पड़ जाना, **to gain ~** (चेहरे पर) स्वाभाविक रंग या लाली आ जाना; **to change ~** रंग बदलना, चेहरा पीला पड़ जाना अथवा लाला हो जाना [His face changed ~], 3 रूप, **true ~s** असली रूप, to see a thing in its true ~s किसी वस्तु को उसके असली रूप में देखना, to show oneself, come out, in one's true ~s असली रूप में प्रकट होना या सामने आना, false ~s बनावटी रूप, 4 आभास, वास्तविकता या सत्यता का आभास, **to give, lend, ~ to a story** किस्से को विश्वसनीयता की पुट देना [His bleeding nose gave *or* lent ~ to his story that he had been beaten up]; **to give a false ~ to** झूठा रंग देना, तोड़-मरोड़ कर पेश करना, **5 local colour** स्थानीयता की पुट; किसी स्थान के वर्णन में वहां के दृश्यों, वातावरण आदि का ऐसा चित्रण करना कि पढ़ने वालों को वास्तविक या स्वाभाविक लगें, 6 **colours** दल या टीम या क्लब की सदस्यता का चिन्ह-स्वरूप रंगीन फीता या रंगीन वर्दी, to give s.o. his ~s; to get one's ~s टीम में शामिल करना; शामिल होना, 7 **colours** (पुलिस, सेना का) झंडा, पताका, ध्वजा, regimental ~s रजमेंण्ट का झंडा, **trooping the colour(s)** (see troop *vb*), 8 (जहाज की) पताका, ध्वजा; **to sail under false ~s** (शब्दार्थ - जहाज़ का किसी दूसरे देश का झंडा फहराते हुए यात्रा करना), *fig* दंभ या ढोंग करना, छद्मवेश करना, भेस बनाना; **to come off with flying ~s** विजयी होना, उत्तीर्ण या सफल होना, शानदार सफलता प्राप्त करना, मैदान मारना, 9 **~-wash** रंग-पुताई

colour^2 *vt* & *i* 1 रंगना, रंग देना, रंग भरना, 2 बात बनाना, अपनी तरफ़ से झूठ मिला देना, रंग-चढ़ाना, गलत रंग में पेश करना, नमक-मिर्च लगाना, अत्युक्ति करना, बढ़ा-चढ़ा कर कहना; **highly ~d statement** बहुत बढ़ा-चढ़ा कर कही हुई बात, अत्युक्तिपूर्ण कथन, **coloured person** जो शुद्ध गोरी नसल का न हो, गोरी और काली नसल का संकर, रंगदार जाति का व्यक्ति

colourable *a* 1 देखने में ठीक, ठीक लगने वाला (*e.g.* a ~ argument), 2 नकली, जाली

colourful *a* 1 रंगीन, सुन्दरवर्ण का, नानावर्ण का, रंग-बिरंगा, चित्रवत्, रम्य, रमणीय [~ scene], 2 सजीव, जीता-जागता [~ description]

colouring *n* 1 रंग, रंगद्रव्य, 2 रंग भरना, रंग भरने का ढंग (या शैली); रंगाई

colourless *a* 1 बेरंग, विवर्ण, वर्णहीन, 2 पीला, 3 फीका, बेमज़ा, बेजान, निर्जीव

colt कोल्ट *n* 1 बछेड़ा (मां का दूध छोड़ने की आयु से लेकर ४-५ साल तक का), 2 अनाड़ी, नौसिखिया (वि० क्रिकिट में)

colubrine कॉ॑ल्युब्राइन *a* सांप-जैसा, सर्पवत्

column कालम् *n* 1 *archit* (बेलनाकार अथवा गाव-दुम) खंभा, स्तम्भ, मीनार, लाट; *fig* सहारा, अवलम्ब, 2 (पुस्तक अथवा अखबार का) कालम, स्तंभ; **in our, your, ~s** हमारे, आपके, समाचार-पत्र में, 3 कतारों में खड़े सैनिकों का दल (जब कि सामने की कतार छोटी हो और उसके पीछे की कतारें क्रमशः बड़ी होती गई हों), टुकड़ी, दस्ता, 4 **fifth column** (see fifth)

columnist कॉ॑लम्निस्ट *n* स्तम्भ-लेखक, समाचार-पत्र में विषय-विशेष पर नियमित रूप से लिखने वाला

coma कोमः *n* लंबी और गहरी अस्वाभाविक निद्रा, दीर्घ मूर्छा, बेहोशी

comb^1 कोम 1 कंघी, 2 कई मशीनों में कंघी-जैसा पुर्जा, (ऊन आदि साफ़ करने का) कंघा, 3 खरहरा, 4 (मुर्गे आदि की) कलगी, to cut s.o.'s ~ किसी का घमंड तोड़ना, शेखी किरकिरी करना, 5 **honey-~** छत्ता, 6 (पहाड़ी की) चोटी, शिखर, लहर का शिखर

comb^2 *vt* 1 कंघी करना, 2 ऊन आदि साफ़ करना,

3 खरहरा करना, 4 (इलाका) छान डालना [The police ~ed the whole area in order to find the culprit], **5 to comb out** अच्छी तरह ढूंढना या खोजना; *fig* (अवांछनीय वस्तुओं या व्यक्तियों को) अलग करना, चुन चुन के निकालना, छाँटना [to ~ out a govt. department]; **comb-out** *n* (अवांछितों को) छांटने का काम, छँटनी

combat कॉम्बट, कम्बट *n* & *vt* & *i* लड़ाई, मुठभेड़, टक्कर, सामना, मुकाबला; *vt* to ~ (a disease, an evil) (रोग या बुराई के साथ) जूझना, लड़ना, विरोध करना, मुकाबला करना; *vi* to ~ **with** *or* **against** an enemy लड़ना, युद्ध करना

combatant कॉम्बटन्ट, कम्बटन्ट *a* & *n* युद्ध करने वाला (जवान), युद्ध में भाग लेने वाला, योद्धा, लड़ाकू

combative कॉम्बटिव *a* झगड़ालू, कलहप्रिय, युद्धप्रिय

combination कॉम्बिनेशन *n* **1** मिलाना, **2** योग, संयोग, मेल, एका, सम्मिश्रण, **in ~ with** के साथ मिलकर, **to enter into ~ with** के साथ मिलना, **3** समुदाय, समूह, संघ, मंडली

combine^1 कम्बाइन *vt* & *i* (वस्तुओं, रासायनिक तत्त्वों, व्यक्तियों, गुणों, कामों आदि को) मिलाना, जोड़ना, संयुक्त करना, सम्मिश्रित करना; (वस्तुओं आदि का) मिलना, जुड़ना, एक होना, इकट्ठा होना; he ~s business **with** pleasure वह मनोविनोद के साथ साथ अपना काम भी कर लेता है; he ~s honesty **with** hard work वह परिश्रमी होने के साथ साथ ईमानदार भी है; [Shivaji ~d discretion with valour]

combine^2 कॉम्बाइन *n* see cartel 1; गुट

combustible कम्बस्टिबल *a* & *n* **1** ज्वलनशील, दाह्य, आग पकड़ने वाला, जल उठने वाला (पदार्थ), **2** जोश में आ जाने वाला, a ~ crowd भड़क उठने वाली भीड़

combustion कम्बस्चन *n* जलना, दहन, ज्वलन

come^1 कम *vi* (came, come) **1** आना, पहुँचना; होना, घटित होना, **how come (that)** . . . (*colloq*) यह कैसे हुआ कि . . ., क्या बात है कि . . . how ~ (that) the door is open? क्या बात है कि दरवाज़ा खुला हुआ है? **come what may** चाहे कुछ भी हो, चाहे कुछ ही क्यों न हो, what are things coming to? कैसा ज़माना आ गया है? (हमारा) देश या समाज किधर जा रहा है?, **the to-come** भविष्य, **2** करने लग जाना, **I have ~ to** believe that . . . मैं मानने लगा हूँ कि . . ., I have ~ to like him वह मुझे अच्छा लगने लगा है, I came to know him only yesterday मैं उसे कल से ही जानने लगा हूँ, मेरा उससे कल ही परिचय हुआ है, **3** (with *prepp* & *advv*) to ~ **about** = to ~ to pass (घटित) होना, (स्थिति) उत्पन्न होना, **4** to ~ **at** (the facts, the truth, etc) तथ्य या सचाई जान पाना, सचाई का पता लगना, **5'** to ~ **across** (अचानक) मिलना या सामना होना या देखना, **6 to ~ back** (i) लौटना, (ii) स्मरण हो आना, the whole incident is now coming back to me सारी घटना अब मुझे याद आ रही है, **7** to ~ **between** (two persons) पारस्परिक संबंध बिगाड़ना, वैमनस्य पैदा करना [None can ~ between us]; (iii) रुकावट डालना, **8** to ~ **by** पाना, प्राप्त करना, हाथ लगना, कमाना: good friends are hard to ~ by these days अच्छे दोस्त आजकल मुश्किल से ही मिलते हैं, आजकल अच्छे दोस्तों का मिलना मुश्किल है; he has ~ by much money उसे बहुत धन प्राप्त हुआ है, **9 to ~ down** (i) (इमारत, कीमतों का) गिरना, (ii) परम्परा से आना या प्राप्त होना; not all the tales that have ~ down to us are believable परम्परा से प्राप्त सभी कथाएँ मानने लायक नहीं हैं, **10 to ~ down in the world** समाज या बिरादरी में मान घटना, जातिच्युत होना, **11 to ~ down upon** s.o. किसी को डांटना, फटकारना, खूब खबर लेना, दोषी ठहराना, दंड देना, **12** to ~ **forward** आगे आना, सामने आना, मैदान में आना, **to ~ home to s.o.** किसी की समझ में आना [The rashness of his conduct came home to him], **13** to ~ **in** प्राप्त होना, आना, first results of the election have ~ in चुनाव के कुछ पहले नतीजे प्राप्त हुए हैं, **to ~ in handy** *or* **useful** (for sth), काम का सुविधाजनक या उपयोगी सिद्ध होना, **14 to ~ in for sth** (उत्तराधिकार में) पाना, he has ~ in for a good deal of property उसे उत्तराधिकार में बहुत सी जायदाद मिली है; where do I ~ in? मुझे क्या मिलेगा? मुझे क्या लाभ होगा?, **15** he came in for a sharp rebuke उसे खूब डांट-फटकार मिली, **16 to ~ into** प्राप्त करना, पाना, अधिकार या कब्जा मिलना, हाथ आना, मिलना, when he came into this property जब यह जायदाद उसके हाथ आई, **17 to ~ into one's head** *or* **mind** ख्याल आना, जी में आना, सूझना, **18 to ~ into sight** *or* **view** दृष्टिगोचर होना, दिखाई देना, **19 to ~ of** (i) परिणाम होना, (ii) की सन्तान होना, what will ~ of it? इसका क्या परिणाम होगा? that's what ~s of rashness उतावली का यही परिणाम होता है; he ~s of noble parents वह भद्र माता-पिता की सन्तान है, **20 to ~ of age** बालिग या वयस्क होना, **21 to ~ off** (i) अलग होना, उतरना [Shakuntala's ring came off her finger and fell into the stream], (ii) आना, होना, घटित होना, पड़ना, When does Dewali come off? दीवाली कब की है?, **22 to ~ offwith flying colours** (see colour^1 8), **23 to ~out** (i) (समाचार पत्र आदि का)

निकलना, छपना, प्रकाशित होना, (ii) (मजदूरों का) हड़ताल करना, **24 to ~ out with** (a remark, proposal, etc) एकाएक कह देना, कह डालना, बताना, प्रस्तुत करना, पेश करना, **25 to ~ over** (i) (दूर स्थित व्यक्ति का पास) आना [Please ~ over for a brief discussion]; (ii) (एक पक्ष छोड़ कर दूसरे में) आ मिलना [Some members of the ruling party have ~ over to us], (iii) अभिभूत करना, प्रभावित करना; a great longing to visit my native land came over me मैं अपनी जन्मभूमि के दर्शन की तीव्र अभिलाषा से अभिभूत हो गया; जन्मभूमि के दर्शन की इच्छा मुझे सताने लगी, **26 to ~ round** (i) (बीमारी के बाद) स्वास्थ्य लाभ करना, (बेहोशी के बाद) होश में आना [He has been very ill but is now coming round], (ii) (विरोध करने के बाद) मान जाना, राज़ी हो जाना, सहमत हो जाना [He opposed our plan at first but later came round to our view]; **27 to come through** (trials etc) बच निकलना, परीक्षा में सफल होना, The newly elected government has come through its first test in Parliament नवनिर्वाचित सरकार संसद् में अपनी पहली परीक्षा में सफल हो गई है, **28 to ~ to** (i) कुल जोड़ होना, बनना, के बराबर होना how much does it ~ to ? कुल कितना हुआ ? the total comes to ten rupees कुल जोड़ दस रुपये बनता है, (ii) मतलब होना, it comes to this that . . . इसका मतलब यह है कि . . ., **29 to ~ to blows** **हाथापाई** पर उतर आना, लड़ पड़ना, **to ~ to an end, to ~** to a close समाप्त होना, **30** (of letter) **to come to hand** प्राप्त होना, मिलना [your letter came to hand yesterday], **31 to ~ to one's knowledge** (किसी को) विदित होना, **32 to ~ to light** पता लगना, प्रकट होना, प्रकाश में आना, **33** to ~ to a pretty pass (see pass *n*), **to ~ to terms with** s.o. समझौता कर लेना; **to come to terms with sth** चुपचाप स्वीकार करना, पर सन्तोष करना [An ex-minister should come to terms with the reality of his position], **34 to ~ to oneself** होश में आना, **to ~ to one's senses** (i) संज्ञा लाभ करना, (ii) अपनी गलती समझना या महसूस करना, **35 to ~ up** पेश होना, उपस्थित होना, प्रस्तुत होना, विचारार्थ सामने आना, उठना, the question is sure to ~ up (for discussion) यह प्रश्न निश्चय ही उठेगा, विचारार्थ प्रस्तुत होगा, **36 to ~ up against sth, s.o.** टकराना, टक्कर खाना; सामना होना, संघर्ष होना, **37 to ~ up with s.o.** साथ आ मिलना [The tortoise came up with the hare]

come^2 *n* **come-and-go** आना-जाना, आवागमन

come-at-able *a* पहुंच के भीतर, जहां तक पहुंचा जा सके, जिससे मिला जा सके, जिसे प्राप्त किया जा सके

Comecon कॉमिकॉन *n* पूर्वयूरोपीय (देशों का) आर्थिक संघ

comedian कमीडियन *n* 1 हँसोड़, हंसाने वाला, भांड, विदूषक, 2 हास्यकृतियों या प्रहसनों का अभिनेता

comedy कॉमिडि *n* 1 सुखान्त नाटक, सुखान्तिकी, कामदी, 2 मनोरंजन-प्रधान (प्रायः व्यंग्यात्मक) नाटक, प्रहसन

comely कम्लि *a* (व्यक्ति, मुखाकृति) दर्शनीय, सुन्दर, मनोहर, भव्य, रम्य, रमणीय; (व्यवहार, आचरण) अच्छा, भद्र, प्रीतिकर

comer कमर *n* आने वाला, आगुन्तक, **first ~** (किसी जगह) पहले पहुंचने वाला, (प्रतियोगिता में) पहला आने वाला; **all ~s** सब लोग, सब प्रतियोगी, **new-~** नवागन्तुक

comestible कमेॅस्टिबल *n* (usu· in *pl*) खाद्य पदार्थ, खाने की चीज़

comet कॉमिट *n* सूर्य की परिक्रमा करने वाला तारे-जैसा आकाशीय पिंड जिसके पीछे प्रकाश की रेखा रहती है, पुच्छल तारा, धूमकेतु; **~-year** धूमकेतु वर्ष, वह वर्ष जिसमें बहुत चमकीला पुच्छल तारा उदय हो **(*e.g.* 1910, 1985)**

comfit कम्फ़िट *n* (*arch*) मिठाई, मिष्ठान्न

comfort^1 कम्फ़र्ट *n* 1 आराम, सुख, राहत, चैन, 2 सान्त्वना, ढारस, तसल्ली, दिलासा, आश्वासन, 3 जीवन को सुखमय बनाने वाली चीज़ें, सुख-सामग्री, सुख-सुविधा, **creature comforts** शारीरिक सुख का सामान जैसे कि अच्छा भोजन-वस्त्र आदि; to take ~ सान्त्वना मिलना, to be a great ~ to s.o. किसी के लिए सुख या सान्त्वना का कारण होना, **to live in ~** समृद्ध होना, खाता-पीता होना

comfort^2 *vt* 1 ढारस बंधाना, दिलासा देना, तसल्ली देना, धीरज बंधाना, 2 आराम पहुंचाना, सुख देना

comfortable कम्फ़र्टबल *a* 1 आरामदेह, सुखप्रद, सुखद, सुखदायक, 2 सुखी, आराम से, **to make oneself ~** आराम से बैठना या लेटना, 3 सुविधाजनक, कष्टरहित, आराम का, जिसमें कठिनाई न हो [a ~ journey], 4 निश्चिन्त, चिन्तारहित, Make yourself ~ about that उसके बारे में चिन्ता न कीजिए, निश्चिन्त रहिए, 5 **~ income** अच्छी खासी आमदनी (अर्थात् जिस आमदनी में अच्छा गुज़ारा चल सके)

comfortably *adv* 1 सुख से, सुखपूर्वक, आराम से, 2 He is ~ off उसके पास सुख-सुविधा से जीवन बिताने के लिए काफ़ी रुपया है, वह अच्छा खाता-पीता है

comfortless *a* सुख-सुविधारहित, निरानन्द

comic कॉमिक *a* 1 (f. comedy) सुखान्त नाटक संबंधी, कामदी का, 2 हास्यजनक, हास्यकर, हंसी लाने वाला, मज़ाकिया, विनोदपूर्ण, विनोदशील,

विनोदी, 3 हास्यास्पद; *n* 1 *colloq* (नाटक मंडली का) विदूषक; मज़ाकिया आदमी, 2 the ~s हास्य-चित्र(-युक्त) पत्रिका

comical कॉमिकल *a* 1 आमोदकर, प्रमोदकर, हास्यजनक, हास्यकर, हँसा देने वाला, 2 अजीब, अनोखा, निराला, विचित्र, असाधारण, 3 हास्यास्पद

Cominform (=Communist Information Bureau) अन्तर्राष्ट्रीय कम्यूनिस्ट सूचना-एवं-प्रचार संगठन (1947-56)

Comintern कॉमिन्टर्न Communist International अन्तर्राष्ट्रीय कम्यूनिस्ट संगठन (1919-1943)

comity कॉमिटि *n* 1 सौजन्य, सौहार्द, मेल-मिलाप, भाईचारा, 2 बिरादरी, 3 **the ~ of nations** (i) राष्ट्रसमुदाय, विश्वसमाज, (ii) राष्ट्रों का सौजन्य, राष्ट्रों द्वारा एक दूसरे के कानूनों एवं परम्पराओं का आदर या लिहाज़ करना

comma कॉमः *n* वाक्यांशों के बीच अल्पतम विराम का चिह्न (,) अल्पविराम; कामा; inverted ~s उल्टा कामा; उद्धरण के पहले और बाद में लगने वाला चिन्ह, उद्धरण चिन्ह ('. . .' अथवा ". . .")

command^1 कमान्ड *vt & i* 1 आज्ञा या आदेश या हुक्म देना, **to ~ s.o. to do sth** किसी को कोई काम करने का आदेश देना, 2 किसी के ऊपर वश या काबू होना, आधिपत्य होना, नियन्त्रण होना, 3 (जहाज आदि का) कप्तान या कमाण्डर या अध्यक्ष या नायक होना, 4 पाना, प्राप्त करना, to ~ respect, admiration sympathy, etc आदर, प्रशंसा, सहानुभूति आदि का पात्र होना, Learning ~s respect everywhere विद्वत्ता का सर्वत्र आदर होता है, 5 इतनी ऊंचाई पर होना कि जहां से कोई स्थान या दृश्य-विशेष स्पष्ट दिखाई दे [The Shankaracharya hill ~s the town of Srinagar; ~s a fine view]

command^2 *n* 1 आज्ञा, आदेश, हुक्म, (to do sth) **at** *or* **by s.o.'s ~** किसी के आदेश से; **~ paper** राजाज्ञा से संसद् के सामने रखा गया कागज या पत्र, 2 (सेना आदि में) अध्यक्षता, नायकत्व, कमान, **to be in ~ of** का नायक या अध्यक्ष या सरदार होना; **under (the) ~ of** के अधीन, के नायकत्व में; **~-in-chief** सर्वोच्च कमान, **high ~** हाईकमान, अधिष्ठाता गण, 3 अधिकार, वश, दक्षता, प्रवीणता **to have a ~ of language,** भाषा पर अधिकार होना, भाषा के प्रयोग में दक्ष होना [He has a good ~ of the English language], 4 **command performance** किसी (अधिकारी) के आदेश से किया गया नाटक या संगीत-समारोह या कोई काम

commandant कॉमन्डैन्ट *n* कमान अधिकारी, कमान अफ़सर (वि० किले का अधिष्ठाता)

commandeer कॉमन्डियर *vt* 1 लोगों को जबरन भरती करना, 2 (सेना के इस्तेमाल के लिए) रसद या सामान जब्त करना या अधिकार में ले लेना

commander कमान्डर *n* 1 सेनापति, कप्तान, कमान्डर; **C~-in-Chief** प्रधान सेनापति, 2 (navy) प्रधानपोताध्यक्ष (=स्थान विशेष में ठहरे हुए सब जहाज़ों का अध्यक्ष)

commanding *a* 1 (see command^1), 2 (व्यक्ति, आकृति आदि) भव्य, प्रभावशाली, रोब-दाब वाला, 3 (पहाड़ी आदि कोई स्थान) बहुत ऊंचा; जहाँ से चारों ओर का दृश्य दूर-दूर तक दिखाई दे, 4 **C~ Officer** कमान अधिकारी, कमान अफ़सर

commandment कमान्ड्मन्ट *n* ईश्वरीय आदेश; **the Ten C~s** ईश्वर द्वारा मूसा (Moses) को दिये गये दस आदेश, *viz,* Thou shalt not kill etc

commando कमान्डो *n* (*pl* ~s) 1 छापामार सैनिक [500 ~s went into action], 2 छापामार दल या दस्ता या टुकड़ी

commemorate कमेॅम-रेट *vt* 1 (उत्सव या समारोह के द्वारा किसी की) याद बनाये रखना, स्मरणोत्सव मनाना, 2 (of thg) का स्मारक होना [a pillar ~s his victory], 3 सम्मानपूर्वक चर्चा या उल्लेख करना, प्रशंसा या अभिनन्दन करना, यशोगान करना

commemoration कमेॅम-रेशन *n* 1 स्मरण, स्मृति, याद [**in ~ of s.o., sth**], 2 स्मरणोत्सव, 3 यशोगान, अभिनन्दन, 4 **~ volume** अभिनन्दन-ग्रन्थ

commemorative *a* यादगारी, स्मरणात्मक, स्मरणार्थ

commence कमेॅन्स *vt & i* आरंभ करना या होना, शुरू करना या होना, श्रीगणेश करना, सूत्रपात करना या होना, पहल करना, छेड़ना, to ~ sth, to ~ to do sth, to ~ doing sth कोई काम शुरू करना

commencement *n* 1 आरंभ, प्रारंभ, श्रीगणेश, सूत्रपात, उपक्रम, शुरू, 2 (केम्ब्रिज, डबलिन तथा अमेरीकी यूनिवर्सिटियों में) दीक्षान्त समारोह (जिसमें एम० ए० तथा उससे ऊंची उपाधियां दी जाती हैं)

commend कमेॅन्ड *vt* 1 हवाले करना, अमानत रखना (*arch* except in) to ~ one's soul to God आत्मा को परमात्मा के हवाले करना; to ~ a thing to s.o.'s care कोई चीज़ किसी के पास अमानत रखना, 2 प्रशंसा करना, to ~ s.o. for his bravery वीरता के लिये किसी की प्रशंसा करना, 3 जँचना, अच्छा लगना, पसन्द आना [his advice did not ~ itself to me], 4 सिफ़ारिश करना [I ~ this method to you]

commendable कमेॅन्ड-बल *a* प्रशंसनीय, स्तुत्य, श्लाघ्य, सराहनीय

commendation कॉमेॅन्डेशन *n* 1 प्रशंसा, स्तुति, 2 सिफ़ारिश, 3 समर्पण, सपुर्दगी

commendatory कमेॅन्ड-टरि *a* प्रशंसात्मक, प्रशंसासूचक, सिफ़ारिशी, ~ letter सिफारिशी पत्र

commensal कमेॅन्सल *a & n* 1 किसी के साथ

बैठ कर भोजन करने वाला, (व्यक्ति) सहभोजी, 2 सहभोजी (प्राणी या पौधा) (cf. parasite)

commensurable कमें‌न्श-रबल *a* 1 जिसे समान मानदण्ड से मापा या आंका जा सके; तुल्य, सदृश [~ **to** *or* **with sth**], 2 एक ही संख्या से विभाज्य (दो या अधिक संख्याएं *e.g.* 4, 8, 12), सम्मेय

commensurate कमें‌न्श-रिट *a* 1 समान परिमाण या मात्रा या विस्तार वाला, समपरिमाण, सममात्र, समव्यापी [~ **with**], 2 समानुपातिक, अनुरूप, पर्याप्त [The payment is not ~ with the amount of work done], 3 *math* सम्मेय (see prec 2)

comment^1 कॉमें‌न्ट *n* 1 व्याख्या, टीका, टिप्पणी, 2 आलोचना, टीका-टिप्पणी, मत, राय, विचार, No comments, please ! कृपया कोई टीका-टिप्पणी न कीजिए, कुछ न कहिए, 3 No comment (*colloq*) मुझे (आपके प्रश्न के उत्तर में) कुछ नहीं कहना है, 4 (*fig*, of event) स्पष्टीकरण, उदाहरण, चित्र [the play is a ~ on present-day values]

comment^2 *vi* 1 भाष्य या टीका या व्याख्या लिखना [to ~ **on** *or* **upon a text**]; निन्दा या आलोचना करना [to ~ **on** s.o.'s behaviour], 3 राय या मत या विचार व्यक्त करना [to ~ **on** sth]

commentary कॉमन्टरि *n* 1 भाष्य, टीका, व्याख्या, 2 (घटना आदि का व्याख्यात्मक) वर्णन, विवरण, 3 **running** ~ (see running)

commentator कॉमन्टेटर *n* 1 (ग्रन्थ का) भाष्यकार, टीकाकार, वृत्तिकार, 2 (रेडियो-)विवरणकार

commerce कॉमर्स *n* 1 व्यापार, वाणिज्य, व्यवसाय, तिजारत, **Chamber of Commerce** व्यापार-मंडल, वाणिज्य मंडल, 2 मेल-जोल, संसर्ग, संगति; ~-destroyer शत्रु के व्यापारी जहाज़ों को लूटने वाला जंगी जहाज़, व्यापार-नाशक (युद्धपोत)

commercial कमर्शल *a* & *n* व्यापार-संबंधी, व्यापारिक, वाणिज्य-संबंधी, तिजारती; ~ traveller व्यापारी का यात्री एजण्ट (जो माल के नमूने दिखाता है और आर्डर लेता है), वाणिज्य यात्री, व्यापारिक यात्री, ~ room व्यापारी यात्रियों के लिए अलग रखा गया होटल का कमरा, व्यापारियों का कमरा, व्यापारी-कक्ष, ~ **enterprise** व्यापार, वाणिज्य, व्यापारिक धंधा या उद्यम; ~ use of a thing किसी चीज का व्यावसायिक या व्यापारिक उपयोग; ~ **broadcasting** रेडियो का विज्ञापनकार्यक्रम या विज्ञापनसेवा; *n* 1 = ~ broadcasting, 2 रेडियो-विज्ञापन

commercialize कमर्शलाइज़ *vt* व्यावसायिक या व्यापारिक उपयोग में लाना; किसी चीज़ का व्यापार या व्यवसाय करना, ~**d vice** वेश्यावृत्ति

commination कॉमिनेशन *n* किसी (पापी) को यह कह कर डराना कि ईश्वर तुम्हें अवश्य दण्ड देगा, ईश्वरीय या दैवी प्रकोप से डराना; अभिशाप-मन्त्र का वाचन

comminatory कॉमि-न-टरि *a* 1 धमकी-भरा, 2 भर्त्सनापूर्ण, निन्दात्मक

commingle कमिङ्गल *vt* & *i* मिलाना या मिलना, घुलमिल जाना, सम्मिश्रण करना, मिश्रित होना

comminute कॉमिन्यूट *vt* 1 चूर-चूर करना, खण्ड-खण्ड करना, ~d fracture हड्डी का कई स्थानों पर टूट जाना, 2 जायदाद के छोटे-छोटे टुकड़े कर देना; **comminution** *n* विखण्डन

commiserate कमिज़-रेट *vt* & *i* **to** ~ **(with)** s.o. सहानुभूति या समवेदना व्यक्त करना, किसी के दुःख में दुःखी होना; **commiseration** *n* सहानुभूति, समवेदना; **commiserative** *a* समवेदनामय, समवेदनात्मक, समवेदनापूर्ण, सहानुभूतिपूर्ण, सहानुभूति का

commissar कॉमिसार *n* (*hist*) रूस के सरकारी विभाग का अध्यक्ष, कमिसार

commissariat कॉमिसेरियट *n* (रूस में) सेना-रसद-विभाग, कमिसारियत

commission^1 कमिशन *n* 1 आदेश, आज्ञा, हिदायत, 2 (कार्य-विशेष करने का) अधिकार या अधिकारी, अधिकारी-वर्ग, आयोग, 3 **commission of the peace** (i) = Justice of the Peace (see justice), (ii) शान्ति और व्यवस्था बनाये रखने का कर्तव्य या अधिकार, 4 सौंपा गया काम, कार्यभार, कर्तव्य, to carry out a ~ सौंपा गया काम पूरा करना, 5 (लेफ़्टिनेंट आदि तथा उनसे ऊँचे सैनिक अफ़सरों की) नियुक्ति का आदेश, नियुक्ति-पत्र, to get a (*or* one's) ~ (सेना में) अफ़सर नियुक्त होना, 6 **in commission** (i) (जहाज़ आदि) आवश्यक साज-सामान से लैस होकर यात्रा के लिए तैयार, (ii) (संयन्त्र, कारखाना आदि) चालू, काम करता हुआ, **to put into** ~ चालू करना; **out of** ~ ठप; **to put out of** ~ ठप कर देना, काम करने के अयोग्य बना देना, बिगाड़ देना, 7 आढ़त, दलाली, दस्तूरी; **commission agent** दलाल, आढ़तिया, 8 करना, कर डालना, आचरण, ~ of crime अपराध-आचरण, अपराध-करण

commission^2 *vt* 1 अधिकार देना या सौंपना, 2 (अफ़सर को) जहाज़ की कमान देना या सौंपना, 3 (जहाज़ को) यात्रा के लिए तैयार करना, लैस करना, यात्रा का आदेश देना, 4 (कारखाना) चालू करना, 5 (कलाकार, लेखक आदि को) चित्र बनाने या कोई चीज़ तैयार करने या ग्रन्थ लिखने का आर्डर देना; काम सौंपना; काम करने के लिए कहना; ~**ed** कमिशन्ड *a* 1 अधिकार-प्राप्त, 2 *mil* ~**ed officer** कमीशनप्राप्त अफ़सर

commissioner कमिशनर *n* 1 आयुक्त, कमिश्नर, 2 नगरपालिका आदि का सदस्य, 3 आयोग का सदस्य, ~ for oaths लोगों के सशपथ बयान लेने वाला अधिकारी, **High Commissioner** राष्ट्रमंडल के अन्तर्गत देशों का एक-दूसरे के यहां मुख्य राजनयिक

प्रतिनिधि, उच्चायुक्त

commit कमिट *vt* 1 सौंपना, सपुर्द करना, हवाले करना, 2 **to ~ sth to writing** लेखबद्ध करना, लिख लेना, 3 **to ~ sth to memory** कण्ठस्थ करना, याद कर लेना, 4 to ~ s.o. to prison कारागार या जेल में डाल देना, 5 to ~ s.o. for trial किसी पर मुकदमा चलाने के लिए उसे अदालत के सपुर्द करना; to ~ s.o. to sessions किसी को सत्र-न्यायालय के सपुर्द करना, **6 to ~ oneself (to)** वचन देना, वचनबद्ध होना, पाबंद हो जाना, वादा करना, अन्तिम रूप से 'हां' या 'ना' करना, 7 (गलती, अपराध, पाप आदि) करना, कर बैठना, कर डालना, आचरण करना

commitment *n* 1 सपुर्दगी, 2 वचन, वचनबद्धता, वादा (जिससे व्यक्ति फिर न सके); रुपया देने का वादा, देने के लिए तय की गई रकम

committal कमिटल *n* 1 सपुर्दगी, समर्पण, 2 जेल में डालना, 3 वचनबद्धता

committed कमिटिड *a* 1 (करने को) वचनबद्ध [~ to a course of action], 2 *polit* दल-विशेष का वफ़ादार, दलनिष्ठ

committee कमिटि *n* 1 समिति, कमेटी, 2 (*Parl*) **Select Committee** किसी मामले की जाँच करने के लिए नियुक्त की गई संसदीय समिति, प्रवर समिति; **Joint (Select) Committee,** संयुक्त समिति (जिस में दोनों सदनों के सदस्य लिए जाते हैं), **Standing Committee** स्थायी समिति; **Steering Committee** संचालन समिति, 3 to be on the ~ समिति का सदस्य होना, 4 the House goes into C~ सदन समिति के रूप में काम करता है

commode कमोड *n* 1 दराज़वाली अलमारी, 2= **(night-)~** शौचपात्र, कमोड

commodious कमोडियस *a* जिसमें काफ़ी जगह हो, खुला, बड़ा, लम्बा-चौड़ा, विशाल

commodity कमॉडिटि *n* वस्तु, व्यापार की वस्तु, पण्य, पण्य द्रव्य, पदार्थ, माल, जिन्स

commodore कॉम-डोर *n* नौसेना का अधिकारी (जिसका दर्जा कप्तान और रियर-एडमिरल के बीच का होता है), **Air C~** वायु सेना का अधिकारी (जिसका दर्जा ग्रुप-कैप्टन और एयर वाइस-मार्शल के बीच का होता है)

common^1 कॉमन *a* 1 दोनों का, सब का, सार्वजनिक,, माधारण, सामान्य, आम, प्रायिक; ~ cause दोनों का या सब का काम या उद्देश्य; **to make ~ cause with s.o.** (see cause^1, 5), ~ consent सब की सहमति या स्वीकृति या मर्जी या रज़ामन्दी; this is a ~ experience यह आम लोगों का अनुभव है, यह माधारण अनुभव की बात है; प्राय: ऐसा होता है; **the common people** जन-साधारण, जनता, माधारण जनता, आम लोग, ~ land शामिलाती ज़मीन, मार्वजनिक भूमि, 2 समान रूप से विद्यमान, सामान्य, दो या अधिक व्यक्तियों का, उभयनिष्ठ, सर्वनिष्ठ, साझे का, **common factor** (*math*) समापवर्तक(क), ~ **ground** (बातचीत का)सामान्य आधार, जो बात दोनों पक्षों को स्वीकार हो, ~ **law** इंगलैंड का प्रथागत अलिखित कानून, 3 साधारण, मामूली, तुच्छ, घटिया, ~ material घटिया माल या कपड़ा, 4 ~ **noun** जातिवाचक संज्ञा, ~ **gender** उभयलिङ्ग (अंग्रेजी के वे शब्द जिनका प्रयोग पुरुष अथवा स्त्री दोनों के लिए हो सके (*e.g.* baby, child, cat, rat, friend, parent, pupil, servant, sheep, etc), **common room** (छात्रावास आदि में) दिलबहलाव का कमरा, आमोद-कक्ष, कामन-रूम, **common sense** साधारण समझ, सामान्य बुद्धि, सहज बुद्धि, व्यवहार-बुद्धि, व्यावहारिक बुद्धि, 5 चालू, प्रचलित, ~ usage चालू प्रयोग, 6 बहुत, जिसकी भरमार हो, [they are as ~ as blackberries]

common^3 *n* 1 शामिलाती भूमि, 2 **(right of)~** किसी दूसरे की भूमि का उपयोग करने का अधिकार; **~ of pasturage** दूसरे की भूमि पर पशु चराने का अधिकार, **3 to have sth in ~ with s.o.** किसी चीज़ पर किसी दूसरे व्यक्ति का समान अधिकार होना; किसी बात में किसी व्यक्ति के समान होना they have nothing in ~ (i) कोई ऐसी चीज़ नहीं है जिस पर उनका समान अधिकार हो, (ii) उनकी कोई बात मिलती नहीं है, उनमें कोई समान गुण नहीं है, **4 in common with** उसी प्रकार . . . जैसा कि, in ~ with all sensible people I hold that . . . सभी समझदार लोगों की भांति मेरा यह विचार है कि . . . **5 out of the ~** असाधारण

commonage कॉमनिज *n* 1 दूसरे की भूमि पर पशु चराने का अधिकार, 2 साझे की भूमि, 3 जन-साधारण

commonalty कॉम-नल्टि 1 जन-साधारण, आम लोग, (संस्था के) साधारण सदस्य, 2 निकाय

commoner कॉम-नर *n* 1 आम आदमी, जन-साधारण, साधारण व्यक्ति, साधारण नागरिक, 2 (rarely) इंग्लैंड में हाउस आफ़ कामन्ज़ का सदस्य, 3 दूसरे की भूमि पर चराई का अधिकार रखने वाला व्यक्ति

commonly *adv* 1 आम तौर पर, साधारणत:, साधारणतया, प्राय: [That very ~ happens], 2 गँवारपन से [~ dressed]

commonplace *n & a* 1 साधारण विषय, हर रोज़ की चर्चा का विषय, 2 साधारण बात, घिसी-पिटी बात [A talk full of mere ~s], 3 मामूली या साधारण घटना या बात [Travel by air is now a ~], 4 *arch* (गद्य या पद्य का) उद्धरणीय अंश; **~-book** उद्धरण लिख लेने की डायरी; उद्धरणपुस्तिका; *a* साधारण, मामूली, तुच्छ

commons *n pl* 1 जनता, जन-साधारण; (इंग्लैंड में उच्च पादरी वर्ग तथा सामन्त वर्ग को छोड़) आम

जनता जिसके प्रतिनिधि हाउस आफ़ कामन्ज़ में लिये जाते हैं (जबकि पादरी एवं सामन्त हाउस आफ़ लर्ड्ज़ के सदस्य होते हैं), 2 साझे का चौका या रसोई, साझे की रसद या खाद्य-सामग्री, 3 **to be on short ~** मामूली या सादा या थोड़ा भोजन करना

commonwealth कॉमन्-वे ल्थ *n* 1 राष्ट्र, स्वतंत्र राष्ट्र, **(British)C ~ (of nations)** राष्ट्रमण्डल, 2 प्रजातंत्र, 3 समान दर्जा रखने वाले व्यक्तियों की सभा, ~ of learning विद्वत्सभा, विद्वत्परिषद्, देश-भर या संसार-भर के विद्वान्

commotion कमोशन *n* 1 हलचल, खलबली, गड़बड़, आन्दोलन, विप्लव, उथल-पुथल, popular ~ जनता का या सार्वजनिक आन्दोलन, 2 बेचैनी, घबराहट, व्याकुलता, 3 कोलाहल, शोरोगुल, the ~ in the streets गलियों का शोरोगुल

communal कॉम्युनल *a* 1 सम्प्रदाय या जाति का, साम्प्रदायिक [~ disturbances], 2 समुदाय का, सामुदायिक [~ land, kitchens, etc], जनसाधारण का, जनसाधारण के लिये, कम्यून (commune) का, कम्यून के लिए

communalism कॉम्यु-नलिज़म *n* 1 साम्प्रदायिक दृष्टिकोण, साम्प्रदायिकता, 2 समुदाय-विशेष के स्वशासन का सिद्धान्त; **communalist** *n* सम्प्रदायवादी; **communalistic** सम्प्रदायवादी

communalize *vt* 1 साम्प्रदायिकता के आधार पर कोई व्यवस्था करना, साम्प्रदायिक बनाना, 2 किसी चीज़ को समुदाय की संपत्ति बनाना, 3 कम्यून का बनाना

commune^1 कॉम्यून *n* 1 (फ्राँस आदि में) ज़िला, परगना, 2 (एक साथ रहने और काम करने वाले तथा कुल उत्पादन को आपस में बाँट लेने वाले लोगों का) समुदाय, कम्यून, 3 ऐसे समुदाय की बस्ती, सामुदायिक बस्ती, कम्यून

commune^2 कम्यून *vt* 1 **to ~ with** s.o., **to ~ together**, घुल-मिल कर बातें करना, 2 to ~ with oneself मन को एकाग्र करना, मनन करना, ध्यान लगाना, अन्तर्मुख होना

communicable *a* 1 जो बताया जा सके, कहने लायक, ज्ञापनीय, कथनीय, 2 जो एक से दूसरे में पहुंच सके, संक्रामक [~ **disease**]

communicant *n* सूचना देने या पहुँचाने वाला

communicate कम्यूनिकेट *vt* & *i* 1 भेजना, पहुंचाना, to ~ news, feeling, etc to s.o. किसी को खबर भेजना या पहुंचाना; भावना व्यक्त करना या भावना से अवगत कराना, to ~ heat to (एक चीज से दूसरी चीज में) गर्मी पहुँचाना, ताप-संवहन करना, 2 *vi* to ~ **with** s.o. सूचित करना, इत्तिला देना, पत्र लिखना, पत्र-व्यवहार करना; to ~ by letter पत्र द्वारा सूचित करना, 3 this room ~s **with the hall** इस कमरे का (एक) दरवाज़ा हाल में खुलता है

communication कम्यूनिकेशन *n* 1 ख़बर, सूचना, इत्तिला, सन्देश, पत्र, पत्रव्यवहार, चिट्ठी, 2 खबर आदि भेजना, 3 दो स्थानों के बीच रेल, डाक-तार, रेडियो आदि से संपर्क, यातायात, आना-जाना, संचार, **means of ~** संपर्क-साधन, संचार-साधन, संचार-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, आने-जाने के साधन, **lines of ~** आने-जाने के रास्ते, यातायात मार्ग, 4 **communications** (*mil*) शिविर और युद्ध के मोर्चे के बीच यातायात के साधन, 5 ~ **cord** (गाड़ी में) ख़तरे की जंजीर

communicative कम्यूनिक-टिव *a* 1 बताने को तैयार, साफ़ कह देने वाला, बातूनी, वाचाल, 2 संवहनशील

communicator कम्यूनिकेटर *n* सन्देश पहुंचाने वाला, सन्देशवाहक

communion कम्यूनियन *n* 1 भाईचारा, भ्रातृत्व, भ्रातृभाव, मित्रता, 2 मेल-जोल, संसर्ग, संबंध, समागम, 3 धार्मिक संप्रदाय (के लोग), 4 यूकरिस्ट (Eucharist *q.v.*) के अवसर पर समागम

communique^1 कम्यूनिके F सरकारी सूचना, सरकारी सूचना-पत्र, विज्ञप्ति

communism कॉम्युनिज़म *n* 1 साम्यवाद, 2 साम्यवादी तंत्र (जिसमें समाज या राष्ट्र समस्त संपत्ति का स्वामी होता है, प्रत्येक व्यक्ति अपने सामर्थ्य के अनुसार काम करता है और अपनी आवश्यकता के अनुसार पारिश्रमिक आदि पाता है)

communist कॉम्युनिस्ट *n* साम्यवादी, कम्यूनिस्ट; **~ic** *a* साम्यवादी ढंग का

community कम्यूनिटि *n* 1 समुदाय, समूह, समाज, लोग [to work for the good of the ~], 2 (धार्मिक) संप्रदाय, फ़िरका, 3 एक व्यवसाय के लोग, बिरादरी, वर्ग, 4 सब की मिली-जुली मिल्कियत, संयुक्त स्वामित्व, ~ of goods चीज़ों या चल-सम्पत्ति पर सब का संयुक्त स्वामित्व, 5 समानता, सब का समान रूप से होना, साम्य; **community of interest** हित-साम्य, रुचि-साम्य, किसी बात में सब का समान हित होना, 6 *comb:* **~ centre** समाज-सदन, समाज-भवन, सामाजिक केन्द्र; **~ kitchen** सामुदायिक रसोई; **~ singing** सहगान, समवेत गान, सब उपस्थित लोगों का मिलकर गाना

communize *vt* 1 (भूमि आदि को) समाज या समुदाय की संपत्ति बनाना, समाजीकरण करना, 2 साम्यवादी बनाना

commutable कम्यूट-बल *a* 1 जिसका धन से विनिमय किया जा सके, विनिमेय, 2 जिसके बारे में समझौता या राजीनामा किया जा सके, 3 (दण्ड) जिसे घटाया जा सके

commutation कॉम्युटेशन *n* 1 विनिमय, अदल-बदल, अदला-बदली, 2 परिवर्तन, 3 दण्ड को कम करना [a ~ of the death sentence to life imprisonment], 4 एकमुश्त अदायगी, अदायगी के ढंग का परिवर्तन, 5 प्रतिदिन यात्रा करना, **~ ticket** प्रतिदिन यात्रा का टिकट, सीज़न टिकट;

रियायती टिकट

commutative कॉम्युटेटिव *a* विनिमय-संबंधी, विनिमय का

commutator कॉम्युटेटर *n* बिजली की दिशा बदलने का यन्त्र, दिक्परिवर्तक

commute कम्यूट *vt* 1 (दो चीज़ों का) विनिमय या अदल-बदल या अदला-बदली करना, बदलना, परिवर्तन करना, 2 to ~ sth **for, into, another** एक चीज़ के बदले में दूसरी लेना, 3 (दण्ड का) घटाना, कम करना, to ~ death sentence to life imprisonment मृत्युदण्ड के बजाय आजीवन कारावास का दण्ड देना, 4 एक तरह की अदायगी के बजाय दूसरी तरह की (कम) अदायगी करना [to ~ pension **into, for,** a lump sum], 5 सीज़न टिकट पर (बस या गाड़ी से) दो स्थानों के बीच प्रतिदिन आना-जाना या यात्रा करना; **commuter** कम्यूटर *n* दैनिक यात्री

compact^{1} कॉम्पैक्ट *n* 1 सम्विदा, समझौता, राजीनामा, 2 सहमति, ऐकमत्य; **general** ~ आम समझौता, सर्वसम्मति

compact^{2} *a* 1 ठसाठस भरा हुआ, संहत, सघन, घना, ठोस, 2 (of style) जिसमें थोड़े शब्दों में बहुत कुछ कहा जाये, सुसम्बद्ध, चुस्त, गठा हुआ, कसा हुआ, संक्षिप्त; ~**ly** *adv* ठसाठस, खचाखच, कस कर

compact^{3} *vt* 1 दृढ़ता से जोड़ना, जकड़ कर बाँधना, कसना, 2 घना या ठोस करना, 3 अवयवों या अनेक पदार्थों को जोड़ कर बनाना, रचना

compactness *n* 1 सुसंहतता, संहति, सुसंहति, सघनता, ठोसपन, 2 सुसम्बद्धता

compaginate कम्पैजिनेट *vt* दृढ़ता से जोड़ना, कस कर बांधना, परस्पर मिलाना

companion^{1} कम्पैनियन *n* 1 साथी, साथ देने वाला, संगी, सहचर, ~**-in-arms** साथी सैनिक, ~ in distress दुःख का साथी या संगी, 2 सहयोगी, सहकारी, साझी, साझेदार, 3 पुस्तिका *e.g.* Gardener's C~ बागबानी का गुटका, माली-दिग्दर्शन, 4 साथ की चीज़, मेल खाने वाली चीज़, **companion volume** साथ का ग्रन्थ ; ~**able** *a* मिलनसार, मेल-मिलाप वाला, ~**ship** *n* साथ, साहचर्य, संग, संगति, मित्रता

company कम्पनि *n* 1 साथ, साहचर्य, संग, संगति, I am in ~ मैं किसी के साथ हूं; मैं अकेला नहीं हूं; the king arrived in ~ **with** his ministers महाराज अपने मन्त्रियों सहित पधारे; **to bear, keep,** a person ~ किसी के साथ रहना या जाना; **to part** ~ **with s.o.** किसी का साथ छोड़ना, किसी से अलग होना, 2 संगी, साथी, **A man is known by the company he keeps** आदमी अपने साथियों (या सोहबत) से पहचाना जाता है; He keeps good ~ वह अच्छे लोगों की सोहबत में रहता है, 3 He is good ~ वह मज़ेदार साथी है; उसकी संगति में बड़ा मज़ा आता है; He is bad ~ उसकी संगति में बिल्कुल मज़ा नहीं आता, 4 **I err in good** ~ अच्छे-अच्छे लोगों ने भी मेरी तरह भूल की है, 5 कंपनी, समवाय, व्यापारी संस्था, **limited company** सीमित समवाय (see limited liability company under 'liability'), 6 नाटक मंडली, 7 सेना की टुकड़ी, गण, दल, कंपनी, 8 **ship's** ~ जहाज़ के नाविक-गण

comparable कॉम्प-र-ब्ल *a* 1 तुल्य, तुलनीय, जिसकी तुलना की जा सके, तुलना करने योग्य, ~ **with, to** (see compare *vb*), 2 समान, सदृश, टक्कर का, बराबर का, जोड़ का, मुकाबले का

comparative कम्पैर-टिव *a* & *n* 1 तुलनात्मक, तुलना पर आधारित, the ~ method, तुलनात्मक विधि या पद्धति, ~ study तुलनात्मक अध्ययन, 2 तुलना करने पर जिसका पता चले, आपेक्षिक (N.B. In translating, use the exp की अपेक्षा, की तुलना में, अपेक्षाकृत etc), I am in ~ comfort पहले की अपेक्षा मैं आराम से हूं; what are his ~ merits ?, दूसरों की तुलना में उसके क्या गुण हैं ? 3 *gram* उत्तरावस्था सूचक [~ adjective, ~ adverb]; *n* उत्तरावस्था; ~**ly** *adv* 1 अपेक्षाकृत, 2 तुलनात्मक दृष्टि से

compare^{1} कम्पेअर *vt* & *i* 1 (दो पदार्थों की) समानता या सादृश्य बताना, तुलना करना, (N.B. **compare with**—in case of similar things ; **compare to**—in case of dissimilar things), Kalidasa may be compared **with** Shakespeare कालिदास की तुलना शेक्सपियर से की जा सकती है; the parks of a city may be ~d **to** the lungs of the human body (किसी) नगर के बाग-बगीचों की तुलना मनुष्य के फेफड़ों से की जा सकती है; **as** ~**d with** *or* **to** की तुलना में, 2 मिलान करना, मिला कर देखना [to ~ a copy **with** the original], 3 *vi* तुल्य या समान या बराबर होना, मुकाबला या तुलना करना, he can't ~ **with** you वह तुम्हारी तुलना नहीं कर सकता; in beauty, no damsel can ~ with Damayanti सौन्दर्य में कोई युवती दमयन्ती की तुलना नहीं कर सकती, 4 **to** ~ **favourably with sth** बहुत हद तक समान होना, किसी बात में कम न होना

compare^{2} *n* (literary) तुलना, **beyond** ~ जिसकी तुलना न की जा सके; beauty beyond ~ अनुपम सौन्दर्य [also **past** *or* **without** ~]

comparison कम्पैरिसन *n* 1 तुलना, समानता, मुकाबला, 2 उपमा, 3 मिलान; **in** ~ **with** की तुलना में, के मुकाबले में

compartment कम्पार्टमन्ट *n* 1 विभाग, ख़ाना; (रेल का) डिब्बा, 2 **watertight** ~ (see water^{1})

compass^{1} कम्पस *n* 1 **(a pair of) compasses** परकार, 2 दिक्सूचक, कंपास, कुतुबनुमा, 3 घेरा, परिधि, विस्तार, क्षेत्र, सीमा, पहुंच, beyond my

~ मेरी पहुंच के बाहर, within my ~ मेरी पहुंच के भीतर; in small ~ लघु आकार (के ग्रन्थ) में, 4 *arch* चक्करदार रास्ता; to fetch, go, a ~ चक्कर काटना, चक्कर काट के जाना

compass^{2} *vt* (encompass is more usu) 1 चक्कर काटना, परिक्रमा करना, 2 घेरना, घेरा डालना, 3 समझ लेना, 4 कर पाना, कर दिखाना, निष्पन्न करना, पूरा करना

compassion कम्पैशन *n* दया, कृपा, अनुकम्पा, करुणा, तरस, रहम, सहानुभूति, to have *or* take ~ **on** s.o. किसी पर दया करना या तरस खाना

compassionate^{1} कम्पैश-निट *a* 1 दयालु, कृपालु, सहानुभूतिपूर्ण, रहमदिल [~ **to, towards,** s.o.], 2 दया (न कि अधिकार) पर आधारित, आनुकम्पिक [~ allowance, leave]; **on** ~ **grounds** दया (करने) के विचार से, दया करके

compassionate^{2} *vt* (*arch*) दया करना, तरस खाना

compatible *a* 1 (of ideas etc) अनुकूल, अनुरूप, उपयुक्त, मेल खाने वाला [~ **with**], 2 (of equipment etc] जो साथ लग सके

compatriot कम्पैट्रियट *n* देशभाई, एक ही या उसी देश का निवासी, हमवतन; Rajiv of India defeated his ~ Ramesh भारत के राजीव ने स्वदेश (या भारत) के ही रमेश को हराया

compeer कम्पियर *n* 1 समकक्ष, बराबर पद या दर्जे का, 2 संगी, साथी, सहचर, सहयोगी

compel कम्पे॑ल *vt* 1 मजबूर करना, बाध्य करना, विवश करना, लाचार करना, दवाव डालना, to ~ s.o. **to do** sth किसी को कोई काम करने पर मजबूर करना या करने के लिए बाध्य करना, 2 बलपूर्वक करा लेना, रोबदाब से करा लेना [to ~ submission]

compelling कम्पे॑लिङ्ग *a* विवश करने वाला, दुर्निवार, अदम्य, जबरदस्त, सबल, प्रबल, ~ reason प्रबल कारण; ~ curiosity अदम्य, कौतूहल

compendious कम्पे॑न्डियस *a* सर्वाङ्गीण किन्तु संक्षिप्त, सारगर्भित; सक्षेप में बहुत कुछ कहने वाला [a ~ book, author]

compendium कम्पे॑न्डियम *n* (*pl*- **ums, -a**), सार, सारसंग्रह, संक्षेप, संहिता

compensate कॉ॑म्पे॑न्सेट *vt* & *i* क्षतिपूर्ति करना, प्रतिकार देना या करना, हरजाना देना, बदला देना, मुआवज़ा देना, दंड भरना, to ~ s.o. **for** sth किसी को किसी चीज़ का मुआवज़ा देना, *vi* to ~ **for** sth किसी चीज़ के बदले में कुछ देना या रखना, क्षतिपूर्ति करना [Nothing can ~ for the loss of one's health]

compensation कॉ॑म्पे॑न्सेशन *n* क्षतिपूर्ति, प्रतिकार, मुआवज़ा, बदला, हरजाना

compensatory कॉ॑म्पन्से-टरि *a* क्षतिपूर्ति के रूप में या हरजाने या मुआवज़े के तौर पर दिया जाने वाला, प्रतिकारात्मक, एवज़ी; ~ **leave** एवज़ी छुट्टी

compère कॉ॑म्पे॑अर *n* (मनोरंजन-कार्यक्रम का) सूत्रधार (जो कलाकारों को पेश करता है)

compete कम्पीट *vi* 1 to ~ **with, against,** s.o. (**for** a prize) मुकाबला करना, प्रतियोगिता करना, प्रतियोगिता में भाग लेना, प्रतियोगी होना, होड़ करना, 2 to ~ **with** s.o. **in** talent, devotion, etc (योग्यता, भक्ति आदि में) किसी से बढ़ने का यत्न करना

competence,-cy कॉ॑म्पिटन्स,-सि *nn* 1 योग्यता, लियाकत [~ **in** a subject], 2 (of court, magistrate, etc) (कानूनी) अधिकार, क्षमता, सामर्थ्य, दखल देने का अधिकार; it lies beyond my ~ यह काम मेरे अधिकार-क्षेत्र के बाहर है, 3 समृद्धि, सम्पन्नता, अच्छा खाना-पीना, to enjoy a ~ समृद्ध होना, to have a bare ~ गुज़ारे भर के लिए काफ़ी होना

competent कॉ॑म्पिटन्ट *a* 1 ~ **to** do sth, **for** a task (करने के) योग्य, (करने में) समर्थ, कार्यक्षम, 2 जिसे कानूनी अधिकार हो, अधिकारवान्, सक्षम, सशक्त, समर्थ, **competent court** समर्थ या सक्षम अदालत, 3 (काम) जिसके विषय में किसी को अधिकार हो, उपयुक्त, उचित; it was ~ of him to refuse उसे इन्कार करने का अधिकार था

competition कॉ॑म्पि-टिशन *n* 1 स्पर्धा, प्रतिस्पर्धा; 2 प्रतियोगिता [boxing ~], 3 होड़, लाग-डाँट, मुकाबला, a keen ~ कड़ा मुकाबला; a strong ~ प्रतियोगिता जिसमें भाग लेने वाले बहुत हों, भारी मुकाबला

competitive कम्पे॑टि-टिव *n* 1 प्रतियोगिता का, मुकाबले का [~ examinations], 2 लागडाँट का, ~ **prices** लागडाँट की कीमतें

competitor कम्पे॑टि-टर *n* प्रतियोगी, प्रतिस्पर्धी, प्रतिद्वन्द्वी, प्रतियोगिता में भाग लेने वाला

compilation कॉ॑म्पि-लेशन *n* संकलन, संकलित-ग्रन्थ, संग्रह, संहिता

compile कम्पाइल *vt* 1 (ग्रन्थ के लिए सामग्री) संकलित करना, इकट्ठा करना, (सामग्री का) संकलन करना, संग्रह करना, (संकलित सामग्री से ग्रन्थ) रचना, बनाना, तैयार करना, 2 (*crick sl*) (बहुत से रन) बनाना

complacence, -cy कम्प्ले-सन्स, -सि *nn* 1 सुख-शान्ति, चैन, आराम, 2 इत्मीनान, सन्तोष, यह समझना कि सब ठीक है और चिन्ता की कोई बात नहीं है, निश्चिन्तता, निश्चिन्त हो कर बैठ जाना या निष्क्रिय हो जाना

complacent कम्प्ले-सन्ट *a* सन्तुष्ट, निश्चिन्त, आत्मसन्तुष्ट; ~**ly** *adv* बड़े सन्तोष के साथ, निश्चिन्त भाव से

complain कम्प्लेन *vi* 1 शिकायत करना, असन्तोष

प्रकट करना, खीजना, कुढ़ना; he ~s **of** the heat वह गरमी की शिकायत करता है; I have nothing to ~ **of** मुझे किसी बात की शिकायत नहीं है; to ~ **of** a headache सिर-दर्द की शिकायत करना, 2 फ़रियाद करना, परिवाद करना, नालिश करना, to ~ **to** an authority **against** s.o. किसी अधिकारी के आगे किसी व्यक्ति के खिलाफ़ फरियाद या शिकायत करना

complainant कम्-प्लेनन्ट *a* शिकायत करने वाला, मुद्दई, परिवादी

complaint कम्प्लेन्ट *n* 1 शिकायत, 2 *law* फरियाद, नालिश, परिवाद, to lodge a ~ **against** s.o. किसी के खिलाफ़ फ़रियाद करना या शिकायत दर्ज कराना, 3 बीमारी [a heart ~]

complaisance कम्प्लेज़न्स *n* 1 दूसरों को खुश करने की प्रवृति, शिष्टता, विनय, सौजन्य, 2 आदर, सम्मान, लिहाज

complaisant कम्प्लेज़न्ट *a* शिष्ट, विनीत, शालीन, भद्र, आदर-सम्मान करने वाला [a ~ wife]

complement^1 कॉम्प्लिमन्ट *n* 1 अधूरे को पूरा करने वाला, पूरक, 2 (बस, विमान आदि की) पूरी सवारियों की संख्या, the bus started with its full ~ बस पूरी सवारियां लेकर रवाना हुई, 3 जहाज़ के सारे के सारे कर्मचारी या कर्मी, कर्मी मण्डल, 3 (*math*) the ~ of an angle कोण का पूरक (अर्थात् ९०° और उस कोण का अन्तर)

complement^2 कॉम्प्लिमेॅन्ट *vt* पूरा करना; पूरक होना

complementary कोम्प्लिमेॅन्टरि *a* पूरा करने वाला, सम्पूरक, ~ angles सम्पूरक कोण (अर्थात् जिन को मिलाने से ९०° बनता है)

complete^1 कम्प्लीट *a* 1 पूरा, पूर्ण, सम्पूर्ण, अखिल, अखण्ड, समस्त, ससग्र सर्वाङ्गीण, 2 समाप्त, खतम, 3 बिल्कुल, पूरा-पूरा, सरासर, निरा, एकदम, it was a ~ surprise इसकी बिल्कुल आशा नहीं थी, 3 सिद्धहस्त [a ~ horseman]; **~ly** *adv* पूर्णतः, पूर्णतया; बिल्कुल, सरासर; **~ness** पूर्णता, समग्रता

complete^1 *vt* 1 पूरा करना, समाप्त करना, सम्पन्न करना, 2 संपूर्ण करना, सर्वाङ्गीण बनाना

completion कम्प्लीशन *n* 1 समाप्ति, निष्पत्ति, 2 पूर्ति, भर जाना

completive कम्प्लीटिव *a* पूरक, पूरण

complex^1 कॉम्प्लेॅक्स *n* 1 सावयव संपूर्ण तत्व, 2 (*psych*) स्वाभाविक प्रवृत्तियों को दबाने से पैदा होने वाली असाधारण मनोवृत्ति, मनोग्रन्थि, भावग्रन्थि, वहम, 3 (उद्योग-)समवाय [Petroleum ~; a building ~]

complex^2 *a* 1 जो अनेक खण्डों या अवयवों से बना हो, सावयव, यौगिक, मिला-जुला, मिश्र, संकर, 2 जटिल, पेचीदा, उलझा हुआ

complexion कम्प्लेॅक्शन *n* 1 (त्वचा, वि० मुख का) रंग, रंगत, वर्ण, 2 *fig* आकार-प्रकार, रंग-ढंग, प्रकृति, स्वरूप [This has put a different ~ on the matter]

complexity कम्-प्लेॅक्सिटि *n* 1 सावयवता, 2 संकरता, जटिलता, पेचीदापन, पेचीदगी, उलझाव

compliance कम्प्लायन्स *n* 1 (आज्ञा, इच्छा आदि का) पालन, **in** ~ **with** your wishes आपकी इच्छानुसार; to refuse ~ **with** an order हुक्म मानने से इन्कार करना, 2 (अनुचित रूप से) दबना

compliant कम्प्लायन्ट *a* 1 बात मानने वाला, आज्ञा का पालन करने वाला, किसी की इच्छानुसार काम करने वाला, 2 दबने वाला

complicacy कॉम्-प्लिकसि *n* 1 जटिलता, पेचीदगी, उलझाव, 2 जटिल रचना या बनावट या बनत

complicate कॉम्-प्लिकेट *vt* 1 to ~ **with** other things उलझाना, मिलाना, 2 जटिल या पेचीदा बनाना; **~d** *a* कई अवयवों का बना हुआ, सावयव, जटिल, पेचीदा

complication कोम्प्लिकेशन *n* 1 उलझाव, जटिलता, पेचीदगी, गांठ, 2 उलझन, उलझा हुआ मामला, समस्या, गुत्थी [Here is another ~]

complicity कम्प्लिसिटि *n* (किसी बुरे काम में किसी का) साथी होना, सहकारी होना, सहकारिता, सहभागिता, हाथ होना [~ **in** crime etc]

compliment^1 कॉम्-प्लिमन्ट *n* 1 प्रशंसा, बड़ाई, तारीफ़, प्रशंसासूचक वचन, **to pay a ~ to** s.o. किसी की बड़ाई करना, (in *pl*) **compliments** शुभकामनाएं, बधाई [**the ~s of the season**], वन्दना, नमस्कार, अभिवादन; **to make, pay, send, one's ~s** नमस्कार कहना, अभिवादन कहना

compliment^2 कॉम्-प्लिमेॅन्ट *vt* 1 बधाई देना, प्रशंसा करना [to ~ s.o. **on** sth], 2 उपहार देना [to ~ s.o. **with** sth]

complimentary कॉम्-प्लिमेॅन्टरि *a* प्रशंसासूचक, प्रशंसात्मक, आदरसूचक, सम्मानसूचक, मानार्थ, सम्मानार्थ; ~ **copy** मानार्थ या सम्मानार्थ प्रति

comply कम्प्लाइ *vi* मानना, to ~ **with** s.o.'s wish, command, request, etc इच्छा या आज्ञा का पालन करना, हुक्म की तामील करना, (प्रार्थना) स्वीकार करना, मान लेना, इच्छानुसार काम करना

component कम्पोनन्ट *a* & *n* किसी सावयव पदार्थ की रचना में सहायक, पदार्थ का अंगभूत, घटक; *n* अवयव, अंग, पुर्ज़ा

comport कम्पॉर्ट *vt* & *i* 1 आचरण करना, व्यवहार करना [to ~ oneself **with** dignity], 2 *vi* to ~ **with** के अनुकूल होना, उपयुक्त होना, उचित होना; से मेल खाना, शोभा देना [His conduct did not ~ with his high position]

compose कम्पोज *vt* 1 रचना, बनाना, घटक होना, घटित करना, (usu in *pass*) a book is **~d of** leaves पुस्तक पृष्ठों की बनी होती है,

Our party was ~d of players only हमारे दल में केवल खिलाड़ी थे, 2 (कविता आदि) रचना, 3 संगीतबद्ध करना, स्वरलिपि बनाना, 4 to ~ a dispute झगड़ा निपटाना या तै करना, राजीनामा करना, सुलह् करना, समझौता करना, 5 to ~ oneself शान्त होना, मन को शान्त करना, 6 *Print* टाइप बिठाना या जमाना, अक्षरयोजन करना, कम्पोज़ करना; **composer** *n* गीतकार, संगीतकार

composite कॉम्प-ज़िट *a* 1 अनेक अवयवों का बना हुआ, सावयव, मिश्र, मिला-जुला, संयुक्त, ours is a ~ culture हमारी संस्कृति मिली-जुली है, 2 (of ship) लकड़ी और लोहे दोनों से बना हुआ, 3 ~ carriage रेल की बोगी जिसमें विभिन्न दर्जों के डिब्बे हों, सम्मिश्र बोगी

composition कॉम्प-ज़िशन *n* 1 रचना, बनावट, गठन, 2 संगीत-रचना, संगीत-कृति, 3 निबन्ध(-रचना), 4 समझौता, राजीनामा, सुलह्, संधि, निपटारा, 5 बड़ी रकम के बदले थोड़ी रकम देकर समझौता या निपटारा करना, he made a ~ with his creditors उसने कुछ दे दिला कर अपने लेनदारों के साथ समझौता कर लिया, 6 मानसिक गठन, मन, मस्तिष्क, दिमाग़, there is a touch of madness in his ~ उसके दिमाग़ में कुछ ख़राबी है

compositor कम्पॉज़िटर *n* अक्षरयोजक, कम्पोज़िटर

compost कॉम्पॉस्ट *n* 1 कम्पोस्ट, कूड़ा खाद, 2 *fig* मिश्रण, मिली-जुली चीज

composure कम्पोश्ज़र *n* शान्ति, धैर्य्य, शान्त भावभंगी, ऐसी मुखमुद्रा एवं आचरण जिससे व्यक्त हो कि आदमी में क्रोध या भय या घबराहट नहीं है, to retain one's ~ शान्त रहना, धैर्य्य रखना, गरम न होना, दिल और दिमाग़ ठंडा रहना

compound[1] कम्पाउन्ड *vt* & *i* 1 मिश्रित करना, मिलाना, अवयवों को मिला कर संपूर्ण पदार्थ बनाना, 2 राज़ीनामा या समझौता करना, राजीनामा करके मामले को निपटाना या तै करना [to ~ a quarrel, matter, etc], 3 आंशिक अदायगी करके ऋण चुकता करना [to ~ a debt], 4 रुपया लेकर अपराध क्षमा कर देना, देनदारी से मुक्त कर देना [to ~ an offence, a liability], 5 to ~ a felony घोर अपराध होने पर मुकदमा न चलाना या मुक़दमा चलाने से बाज़ रहना, अपराध-मर्षण करना, 6 *vi* to ~ **with a person for** an offence etc अपराध के विषय में किसी के साथ राज़ीनामा कर लेना

compound[2] कॉम्पाउन्ड *a* & *n* 1 अनेक अवयवों या तत्वों या खंडों का बना हुआ, यौगिक, मिश्र, सामूहिक, **compound fracture** हड्डी के टूटने के साथ त्वचा या मांसपेशियों में भी घाव हो जाना, सव्रण अस्थिभंग, ~ interest चक्रवृद्धि ब्याज, सूद-दर-सूद, ~ addition मिश्र योग, ~ subtraction मिश्र व्यवकलन; *n* (*chem*) यौगिक, *gram* समास, समस्त पद; यौगिक शब्द

compound[3] *n* [in India, China, etc] (मकान या कारख़ाने का) अहाता, हाता, घेरा, चौहद्दी

compoundable *a* जिसमें राजीनामा चल सके, राजीनामे के लायक, प्रशम्य, ~ offence प्रशम्य अपराध

comprehend कॉम्प्रिहेंन्ड *vt* 1 समझना, ग्रहण करना, भाव ग्रहण करना, 2 शामिल या सम्मिलित करना

comprehensibility कॉम्प्रिहेन्सबिलिटि *n* 1 बुद्धि-ग्राह्यता, बोधगम्यता, 2 समावेश्यता

comprehensible कॉम्प्रिहेंन्सिबल *a* 1 जो समझ में आ सके, समझ में आने वाला, ग्राह्य, बुद्धि-ग्राह्य, बोधगम्य, 2 जो सम्मिलित किया जा सके, जिसे शामिल किया जा सके, समावेश्य

comprehension कॉम्प्रिहेंन्शन *n* 1 समझ, ग्रहण, ग्रहण शक्ति [Relativity is beyond my ~], 2 व्यापकता, a term of wide ~ (बहुत) व्यापक पद

comprehensive कॉम्प्रिहेंन्सिव *a* 1 समझ या ग्रहण संबंधी, the ~ faculty ग्रहणशक्ति, समझ, 2 जिसमें बहुत कुछ आ जाये, व्यापक, विस्तृत, a ~ term व्यापक पद, ~ grasp अच्छी तरह समझने की शक्ति, ~ study, knowledge, etc व्यापक या विस्तृत अध्ययन, ज्ञान आदि, ~ plan व्यापक या सर्वाङ्गीण योजना; ~ly *adv* व्यापक रूप से; ~**ness** *n* व्यापकता

compress[1] कम्प्रेंस *vt* 1 दबाना, दबा कर इकट्ठा करना, सम्पीड़ित करना, 2 (हवा को दबाव डाल कर) घना करना, गाढ़ा करना, 3 थोड़े शब्दों में बहुत कुछ कहना, (बहुत से विचारों को) थोड़े शब्दों में व्यक्त करना; संक्षिप्त करना, ~d style संक्षिप्त एवं सारगर्भित शैली, गठी हुई शैली

compress[2] कॉम्प्रेंस *n* 1 (ख़ून को रोकने के लिए नाड़ी पर रखने की) गद्दी, 2 (सूजन के ऊपर रखने की) गीली पट्टी

compressibility कम्प्रेंसिबिलिटि *n* सम्पीड्यता

compressible कम्प्रेंस-बल *a* 1 दबने या दबाने लायक, जिसे दबा कर छोटा किया जा सके, सम्पीड्य; 2 संक्षेप्य

compression कम्प्रेंशन *n* दबाव, सम्पीडन, संघनन

comprise कम्प्राइज़ *vt* 1 सम्मिलित या शामिल करना, 2 (अवयवों का) बना होना, My house ~s four rooms मेरे घर में चार कमरे हैं, मेरा घर चार कमरों का है

compromise[1] कॉम्प्र-माइज़ *n* 1 समझौता, राजीनामा, (राजीनामे के द्वारा झगड़े का) निपटारा, 2 विरोधी मतों आदि के बीच की स्थिति, मध्यम मार्ग [a ~ **between** conflicting opinions, courses, etc]

compromise[2] *vt* & *i* 1 (झगड़ा) निपटाना, (झगड़े का) निपटारा करना, 2 *vi* समझौता करना

राजीनामा करना, 3 (मूर्खता या जल्दबाज़ी से) सन्देह का विषय बनाना, संकट या खतरे में डालना, [to ~ oneself, one's reputation], आंच आने देना, if we have to compromise our principle... यदि हमारे सिद्धान्त पर आंच आती हो...

comptroller कन्ट्रोलर *n* (this spelling is used in some titles in place of 'controller') नियन्त्रक, ~ of accounts लेखा-नियन्त्रक

compulsion कम्पल्शन *n* मजबूरी, लाचारी, विवशता, बाध्यता, बन्धन, दबाव, **under compulsion** विवश या बाध्य या मजबूर होकर, मजबूरी से

compulsive कम्पल्सिव *a* 1 विवश या बाध्य या मजबूर करने वाला, दबाव डालने वाला, 2 जो आदत के कारण करने में विवश हो, जो किये बिना न रह सके, [~ gambler, liar], 3 अपरिहार्य, अनिवार्य

compulsory कम्पल्सरि *a* 1 अनिवार्य, नितान्त आवश्यक, बिल्कुल ज़रूरी, लाज़िमी, 2 अनिवार्य व्यवस्था करने वाला (*e.g.* compulsory legislation; opp. permissive)

compunction कम्पङ्कशन *n* 1 पश्चात्ताप, पछतावा, अनुताप, संताप, 2 संकोच, आशङ्का, झिझक, हिचक, खेद, without ~ बिना झिझक के

compunctious कम्पङ्कशस *a* जिसे पश्चात्ताप हो, अनुतप्त; ~ly *adv* पश्चात्तापपूर्वक

compurgation कॉम्पर्गेशन् *n* दोष या अपराध से मुक्त करना या होना, दोषमुक्ति, अपराधमुक्ति, दोष मार्जन

computable कम्प्यूट-बल *a* जिसकी गिनती की जा सके, गणेय, जिसका हिसाब लगाया जा सके, परिकलनीय

computation कॉमप्युटेशन *n* परिकलन, संगणना

compute कम्प्यूट *vt* गिनना, गणना या गिनती करना, संगणना करना, हिसाब करना या लगाना, परिकलन करना, जोड़ करना, जोड़ कर के कुल संख्या या परिमाण बताना, परिकलन करना [He ~d his losses at Rs 5000]

computer कम्प्यूटर *n* संगणक, अभिगणक, परिकलक

comrade कॉम्रेड *n* संगी, साथी, सहयोगी, दोस्त, ट्रेडयूनियन का सदस्य, कामरेड; ~**ship** *n* दोस्ती, भाईचारा

con^1 कॉन *vt* **to con over** (*arch*) पढ़ना, अध्ययन करना; कण्ठस्थ करना

con^2 *vt* पोत-चालक को दिशा-निर्देश करना; **conning tower** (युद्धपोत का) चालक-कक्ष

con^3 see contra

conation कनेशन *n* (*philos*) 1 संकल्प, संकल्प शक्ति, 2 इच्छा से प्रेरित क्रिया, प्रयत्न

conative कॉन-टिव *a* 1 संकल्पात्मक, 2 प्रयत्नात्मक

concatenate कॉन्कैटिनेट *vt* शृंखलाबद्ध करना, क्रमबद्ध करना; **concatenation** *n* शृंखलन [~ of ideas], शृंखला, ~ of circumstances घटना-चक्र

concave कॉन्केव *a* नतोदर, नतोदरतल, अवतल; **concavity** कन्कैविटि *n* अवतलता

conceal कन्सील *vt* छिपाना, दुराव करना, गुप्त रखना, पता न लगने देना [to ~ sth **from** s.o.], to ~ oneself छिपना, आड़ में होना; ~**ment** *n* छिपाव, दुराव, गोपन

concede कन्सीड *vt* 1 मानना, स्वीकार करना, हामी भरना, अनुमोदन करना, I ~ that I was wrong मैं मानता हूं कि मैं गलती पर था, 2 [to ~ sth to s.o.], (अधिकार आदि) देना, मांग पूरी करना, रियायत करना, छूट देना, The right of way has been ~d **to** him उसे रास्ते से गुज़रने का अधिकार दे दिया गया है, 3 (*sport sl*) हार मानना [to ~ a game, point, etc]

conceit कन्सीट *n* 1 अभिमान, आत्माभिमान, गर्व, दर्प, घमंड, अहंकार, अहम्मन्यता, दिमाग आसमान पर होना, आत्मश्लाघा [a man full of ~], 2 अनोखा विचार, विचित्र कल्पना, विचित्र उपमा

conceited कन्सीटिड *a* आत्माभिमानी, घमंडी, अहम्मन्य, जिसका दिमाग आसमान पर हो

conceivable कन्सीव-बल *a* जिसकी कल्पना की जा सके, कल्पनीय, **conceivably** *adv* ऐसी कल्पना की जा सकती है कि [he may conceivably have reached the summit]; संभवतः, अनुमानतः

conceive कन्सीव *vt & i* 1 गर्भ धारण करना, 2 कल्पना करना, धारणा बनाना, ध्यान में लाना, सोचना, ख्याल करना, 3 (of document) निबद्ध करना, रचना, व्यक्त करना, (usu in *pass*) conceived in plain terms स्पष्ट शब्दों में निबद्ध या व्यक्त

concentrate कॉन्सन्ट्रेट *vt & i* 1 केन्द्रित करना, इकट्ठा करना, संचित करना, जमाव करना, to ~ troops सेना को एकत्र करना, सेना का जमाव करना, to ~ power **in** one's hands सारे अधिकार अपने हाथ में रखना, to ~ one's mind, thoughts, attention मन, विचार, ध्यान एकाग्र करना, 2 *chem* गाढ़ा करना, सान्द्र करना, सान्द्रित करना, 3 *vi* to ~ **on** or **upon**, sth किसी बात में मन या ध्यान लगाना [I cannot ~ on my studies]

concentration कॉन्सन्ट्रेशन *n* 1 केन्द्रीयकरण, संचय, जमाव, ~ of troops सेना का जमाव; **concentration camp** बन्दी शिविर, नज़रबन्दी शिविर, 2 एकाग्रता, समाधि, योग, मनोयोग, 3 गाढ़ापन, सान्द्रता, सान्द्रण, गाढ़ा करना

concentric कन्सेंन्ट्रिक *a* संकेन्द्र, संकेन्द्रीय, संकेन्द्री समकेन्द्रीय, एककेन्द्रीय, ~ circles; circles ~ **with one another** संकेन्द्री या संकेन्द्रीय वृत्त

concept कॉन्सेॅप्ट *n* एक ही वर्ग के अनेक पदार्थों में जो समान भाव होता है; सामान्य धारणा, धारणा, अवधारणा, भाव, संप्रत्यय, what is your concept of freedom ? आप स्वतन्त्रता किसे समझते हैं?

conception कन्सेॅप्शन *n* 1 ख्याल, विचार, कल्पना, 2 धारणा, अवधारणा, to have a clear ~ of sth मन में किसी बात की स्पष्ट अवधारणा होना; I haven't the remotest ~ of his motive मैं उसके प्रयोजन की तनिक भी कल्पना नहीं कर सकता, 3 गर्भाधान, गर्भधारण (करना)

conceptive कन्सेॅप्टिव *a* 1 अवधारणा बनाने वाला, 2 अवधारणा संबंधी, 3 गर्भधारण संबंधी

conceptual कन्सेॅप्-ट्युअल *a* अवधारणा संबंधी, अवधारणात्मक, संप्रत्ययात्मक, कल्पना संबंधी, कल्पनात्मक

concern^{1} कन्सर्न *vt* 1 संबंध या लगाव रखना, संबंधित होना, this does not ~ me मेरा इससे कोई संबंध नहीं है, as far as I am ~ed जहां तक मेरा संबंध या सवाल है, 2 to ~ **oneself with, about, in,** sth किसी काम में शामिल होना या रुचि लेना, **I am not ~ed to** examine this इस की जांच करना मेरा काम नहीं है, 3 (in *pp*) **concerned** संबंधित [I'll speak to the person ~ed]; चिन्तित; **to be ~ed about** sth किसी विषय में चिन्तित होना, I am ~ed **for** his health, studies मैं उसकी सेहत, पढ़ाई, के बारे से चिन्तित हूं, he looked very much **~ed** वह बड़ा चिन्तित दिखाई देता था, I am ~ed to hear this यह सुन कर मुझे चिन्ता हुई है

concern^{2} *n* 1 संबंध, लगाव, वास्ता, सरोकार, 2 काम (जिससे किसी का संबंध हो), **I have no concern with** this मेरा इस (बात) से कोई संबंध नहीं है, This is no ~ of mine यह मेरा काम नहीं है, 3 व्यापार, कारबार, व्यापारिक संस्था, फ़र्म, The hotel has become a paying ~ होटल से कमाई होने लगी है, 4 हिस्सा, साझा [He has a ~ in the hotel], 5 चिन्ता, व्याकुलता, बेचैनी, फ़िक्र, He showed deep ~ at the news यह खबर पा कर उसने बड़ी चिन्ता व्यक्त की, 6 in *pl* काम, मामला, Do not meddle in my ~s मेरे मामलों में दखल मत दो

concerning कन्सर्निङ्ग *prep* के विषय या सबंध या बारे में [~ s.o., sth]

concernment कन्सर्न्मन्ट *n* 1 काम, मामला, 2 महत्त्व, of vital ~ बड़े महत्त्व का, अत्यन्त महत्त्वपूर्ण, 3 संबंध, लगाव [~ with], 4 चिन्ता

concert^{1} कॉन्सर्ट *n* 1 मेल, एका, सहमति, **to act in ~ (with s.o.)** (किसी के साथ) मिल कर काम करना, to sing **in** ~ मिल कर गाना, समवेत-गान करना, voices raised **in** ~ एक साथ उठी आवाज़ें, 2 संगीत सभा, संगीत गोष्ठी, संगीत-समारोह, ~ **pitch** साधारण स्वर से तनिक ऊचा स्वर या स्वराघात

concert^{2} कन्सर्ट *vt* 1 परस्पर मिल कर या सहमति से (काम) करना, 2 (एक व्यक्ति का) सुव्यवस्थित ढंग से काम करना; **concerted** *a* सम्मिलित, संयुक्त, मिल कर किया हुआ **to take ~ed action** मिल कर कार्यवाही करना

concerto **कन्चर्टो** *n* संगीत-रचना

concession कन्सेॅशन *n* (f. concede) 1 रियायत, छूट, 2 दी गई वस्तु (वि० किसी व्यक्ति, कंपनी या राष्ट्र को इस्तेमाल के लिये दिया गया भूमि का टुकड़ा), ऐसी भूमि के इस्तेमाल का अधिकार; a mining ~ भूमि से खनिज निकालने का अधिकार, अनुदान, 3 अनुमोदन

concession(n)aire कन्सेॅशनेयर *n* (see prec 2) भूमि या अनुदान आदि पाने वाला, भूमिग्राही, अनुदानग्राही

concessionary कन्सेॅशनरि *a* रियायती

concessive *a* 1 रियायत संबंधी, रियायती, रियायत का, 2 *gram* अनुमोदनात्मक

conch कॉन्च, कॉङ्क *n* 1 सीपी, घोंघा, 2 सीपी आदि का खोल, शंख, शुक्तिका, 3 कान का घुग्घा, 4 *archit* अर्द्धगोलाकार गुम्बद; **conchology** कॉङ्कॉल-जि *n* शंख विज्ञान

conciliate कन्सिलियेट *vt* 1 शान्त करना, झगड़ा मिटाना, राज़ी करना, मनाना, मना लेना, अनुकूल करना, 2 to ~ a person to one's side किसी को अपनी ओर कर लेना, to ~ s.o.'s favour किसी का अनुग्रह प्राप्त कर लेना, 3 (विभिन्न या विरोधी सिद्धान्तों में) मेल बिठाना, समन्वय या सामंजस्य स्थापित करना, समाधान करना

conciliation कन्सिलियेशन *n* 1 समझौता, सुलह राज़ीनामा, मेल-मिलाप, 2 समाधान

conciliatory कन्सिलिअ-टरि *a* समझौता कराने का, समझौते का, मेल-मिलाप का, मैत्रीपूर्ण

concinnity कन्सिनिटि *n* (साहित्यिक शैली की) सुघड़ता, प्रांजलता

concise कन्साइस *a* (भाषण, शैली) संक्षिप्त, मिताक्षर, (व्यक्ति) मितभाषी; ~**ly** *adv* संक्षेप में, संक्षेपतः, थोड़े शब्दों में; ~**ness** *n* संक्षिप्तता, संक्षेप, मितभाषिता

conclave कॉङ्क्लेव *n* 1 पोप के निर्वाचन के लिए मुख्य पादरियों की सभा या सभा-भवन, निर्वाचक सभा, निर्वाचन भवन, 2 गुप्त सभा, बन्द कमरे में बैठक, the leaders are **in conclave** नेतागण गुप्त बैठक कर रहे हैं

conclude कन्क्लूड *vt & i* 1 पूरा करना या होना, समाप्त करना या होना, उपसंहार करना या होना [to ~ one's speech], to ~ **with** the remark that..., to ~ **by** saying that... भाषण के अन्त में कहना कि..., 2 *log* (आधारवाक्यों

या पूर्वकथन से) निष्कर्ष या परिणाम या नतीजा निकालना, निष्कर्ष या परिणाम पर पहुंचना; from this I ~ that... इस बात से मैं इस परिणाम पर पहुंचा हूं कि..., 3 **to ~ a treaty etc** सन्धि तय या निर्धारित करना (अर्थात् सन्धि की शर्तें तय करना), to ~ an affair मामला निपटाना या तय करना

conclusion कन्क्लूश्ज़न *n* 1 समाप्ति, उपसंहार, अन्त, 2 अन्तिम परिणाम, 3 **in conclusion** अन्त में अन्ततः, (भाषण आदि) समाप्त करते हुए, 4 निष्कर्ष, निर्णय, **to come to the ~** परिणाम पर पहुंचना; it was a foregone ~ यह तो पहले से ही पता था, 5 *log* दो आधार-वाक्यों से निकलने वाला निष्कर्ष (*e.g.* 1. सब मनुष्य मरणशील हैं, 2. सुक्रात मनुष्य है; अतः 3. सुक्रात मरणशील है। तीसरा वाक्य 'निष्कर्ष' है।)

conclusive कन्क्लूसिव *a* निर्णयात्मक, निश्चयात्मक, निर्णायक, निश्चायक, कायल कर देने वाला, पक्का; **conclusive proof** पक्का सबूत; **~ly** *adv* निर्णयात्मक ढंग से, निश्चयपूर्वक, पक्के तौर से

concoct कन्कॉक्ट *vt* 1 (कई चीजों को मिलाकर) काढ़ा तैयार करना, क्वाथ बनाना, 2 गढ़ना, मनगढ़न्त करना, तैयार करना to ~ a story, plot, etc झूठी कहानी गढ़ना; षड्यन्त्र रचना; **~ed** story मनगढ़न्त या कपोलकल्पित या झूठी कहानी, **~ed** evidence गढ़न्त साक्ष्य

concoction कन्कॉक्शन *n* 1 काढ़ा, क्वाथ, 2 गढ़ी हुई या कपोलकल्पित बात, a ~ of lies सरासर झूठ

concomitance, -cy कन्कॉमिटन्स, -सि *n* सहचारिता, सहगामिता, अनुषङ्ग, एक वस्तु का दूसरी वस्तु के साथ अनिवार्य रूप से होना

concomitant कन्कॉमिटन्ट *a* & *n* सहवर्ती, सहगामी, सहचारी, आनुषंगिक, साथ लगा हुआ, संबंधित, **concomitant circumstances** सहवर्ती घटनाएं या परिस्थितियां; *n* आनुषंगिक या सहवर्ती वस्तु या घटना

concord कॉन्कॉर्ड *n* 1 (व्यक्तियों, पदार्थों का) मेल मिलाप, सहमति, मेल, संगति, सुसंगति, अनुरूपता, 2 संधि, मैत्री, 3 *mus* सुस्वरता, स्वरसाम्य

concordance कन्कॉर्डेन्स *n* 1 मेल, संगति, सुसंगति, 2 किसी ग्रन्थ में आये मुख्य शब्दों या विषयों की अकारादि (या संबंधित भाषा की वर्णमाला के) क्रम से तैयार की गई सूची, अनुक्रमणिका, शब्दानुक्रमणिका, विषयानुक्रमणिका

concordant कन्कॉर्डेन्ट *a* 1 (**with** or *abs*) मेल खाता हुआ, सुसंगत, संवादी, अनुरूप, अनुकूल, 2 *mus* सुस्वर

concourse कॉन्कॉर्स *n* 1 (खड़े या चलते हुए लोगों की) भीड़, इकट्ठ, समूह, जनसमुदाय, 2 मेल, संयोग, an unforeseen ~ of circumstances परिस्थितियों का अप्रत्याशित संयोग, 3 लोगों के इकट्ठा होने का स्थान, खुला मैदान, हाल

concrete^1 कॉन्क्रीट *a* & *n* 1 (*gram*, of noun) द्रव्यवाचक, वस्तुवाचक, 2 ठोस, मूर्त्त, प्रत्यक्ष, इन्द्रियगम्य, वास्तविक [no ~ results so far], **in the concrete** वास्तविक, वास्तविक रूप में, **concrete case** ठीक या उपयुक्त उदाहरण, वास्तविक घटना, 3 *n* ठोस पदार्थ, 4 रोड़ी और सीमन्ट आदि का मिश्रण, कंकरीट, *attrib* कंकरीट का (बना हुआ)

concrete^2 कन्क्रीट *vt* & *i* 1 ठोस रूप देना या धारण करना, ठोस होना, 2 मूर्त्त या साकार बनाना

concretion कन्क्रीशन *n* 1 मेल, संयोग, संहति, 2 *path* पथरी, 3 ठोस रूप, 4 *geol* संग्रन्थि

concubinage कन्क्यूबिनिज *n* रखैल के साथ सहवास; रखैल रखना या होना, रखैलपन, उपपत्नीत्व, रखैल-प्रथा

concubinary कन्क्यूबि-नरि *a* रखैल का, रखैल-संबंधी, उपपत्नी का

concubine कॉङ्क्यूबाइन *n* रखैल, उपपत्नी, रक्षिता

concupiscence कन्क्यूपिसन्स *n* 1 विषयवासना, भोगैषणा, भोगेच्छा, 2 सांसारिक पदार्थों की इच्छा

concupiscent कन्क्यूपिसन्ट *a* कामी, विषयी, विषयासक्त

concur कन्कर *vi* 1 (of events) एक साथ होना, to ~ to produce a result (परिस्थितियों के) संयोग का परिणाम होना, 2 (of person) to **~ with s.o.** किसी से सहमत होना, एकमत होना, सहमति देना; all **~ in** the belief that... सभी का यह विश्वास है कि...सभी यह मानते हैं कि...

concurrence कन्करन्स *n* 1 (घटनाओं आदि की) समकालिकता, संयोग, मेल, सहगामिता, 2 (व्यक्तियों की) सहमति, मतैक्य, सहयोग, 3 अनुमति, अनुमोदन, मंजूरी, स्वीकृति

concurrent कन्करन्ट *a* 1 समकालिक, समकालीन [**~ with**], 2 समवर्ती, सहवर्ती, साथ साथ चलने वाले (*e.g.* ~ sentences), 3 सहमत, एकमत, 4 ~ cause सहायक कारण; **~ly** *adv* एक साथ, साथ-साथ; the two sentences to run ~ly दोनों दण्ड साथ-साथ चलेंगे

concussion कन्कशन *n* 1 जोर से हिलाना, धक्का, टक्कर, चोट, आघात, 2 *surg* भारी चोट लगने से मस्तिष्क आदि को पहुंची क्षति

condemn कन्डेम *vt* 1 दोष देना, दोषी ठहराना, निन्दा करना, 2 (अभियुक्त आदि के) विरुद्ध निर्णय देना, मुजरिम या अपराधी ठहराना, 3 **to ~** s.o. **to death** मृत्युदण्ड सुनाना या देना, 4 *fig* भाग्य में बदा होना, **I am ~ed to lead a solitary** existence मेरे भाग्य में एकान्तवास बदा है; **condemned cell** काल कोठरी, मृत्युदण्ड सुनाये गये व्यक्ति(यों) की कोठरी, 5 (माल को) रद्दी या बेकार या निकम्मा ठहराना, 6 ला-इलाज या असाध्य बताना या ठहराना

condemnable कन्डे`म्नबल *a* 1 निन्दनीय, 2 दण्डनीय, 3 रद्दी, निकम्मा, 4 असाध्य

condemnation कॉ`न्डे`म्नेशन *n* 1 निन्दा, 2 अपराधी ठहराया जाना, 3 दण्डादेश, दण्डाज्ञा, सज़ा का हुक्म, 4 निन्दा या दण्ड का कारण, His own conduct is his ~ वह अपने आचरण के कारण ही निन्दनीय (या दण्डनीय) है

condemnatory कन्डे`म्न-टरि *a* 1 निन्दासूचक, निन्दात्मक, 2 दण्डात्मक

condensation कॉन्डे`न्सेशन *n* 1 संक्षिप्त करना, 2 संघनन, घनीकरण, 3 (गैस का) द्रवीकरण, तरलीकरण, द्रवण

condense कन्डे`न्स *vt* & *i* 1 संक्षिप्त करना, 2 गाढ़ा करना, घना करना, संघनित करना, condensed milk संघनित दूध, 3 (गैस को) द्रव या तरल अवस्था में परिणत करना, 4 (प्रकाश की किरणों को) संकेन्द्रित करना

condenser कन्डे`न्सर *n* 1 घना या गाढ़ा करने वाला, संघनित्र, 2 स्टीम इंजन का कक्ष जिसमें भाप का पानी बन जाता है, द्रवणित्र, 3 प्रकाश को संकेन्द्रित करनें वाला लैन्स, कन्डेन्सर

condescend कॉ`न्डिसे`न्ड *vi* 1 (किसी बड़े आदमी का छोटे आदमी की) प्रार्थनानुसार काम करना, प्रार्थना स्वीकार करना, कृपा या अनुग्रह करना, कृपापूर्वक मानना [to ~ to do sth], 2 बड़े आदमी का छोटे के साथ बराबरी का व्यवहार करना [to ~ to s.o.], अभिमान का परित्याग करना, झुकना; ~ing *a* छोटों की बात मान लेने वाला, छोटों के साथ बराबरी का बर्ताव करने वाला, अभिमान का परित्याग करने वाला, कृपा करने वाला, कृपालु

condescension कॉ`न्डि-से`न्शन *n* 1 (छोटों के प्रति) दया या कृपा की भावना या सद्व्यवहार, 2 छोटों के साथ ऐसा बर्ताव करना मानो उनपर कृपा की जा रही हो, कृपा का प्रदर्शन करना, अनुग्रह-प्रदर्शन

condign कन्डाइन *a* [N.B. it is used with 'punishment' or its equivalents] इतना कठोर (दंड) जितना कि चाहिए, उचित या पर्याप्त रूप से कठोर, काफ़ी सख़्त या कड़ा, उचित, पर्याप्त

condiment कॉ`न्डि-मन्ट *n* भोजन को स्वादिष्ट बनाने वाली वस्तुएं, चटनी, अचार, मसाला

condition^1 कन्डिशन *n* 1 शर्त, बन्धन, प्रतिबन्ध, ~ precedent ऐसी शर्त जो पहले पूरी होनी चाहिए, पहली शर्त, पूर्व प्रतिबन्ध; **on condition that** इस शर्त पर कि, बशर्ते कि, 2 हालत, दशा, अवस्था, स्थिति, *pl* परिस्थितियां, **favourable** ~s अनुकूल परिस्थितियां, **under existing** ~s वर्तमान परिस्थितियों में, **working conditions** कार्य (करने की)-परिस्थितियां या हालतें, 3 आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति, हैसियत, persons of humble ~ मामूली (दर्जे के) लोग; **in condition** अच्छी हालत में, खाता-पीता; समृद्ध; स्वस्थ, ठीक-ठाक; **out of condition** बुरी हालत में, दरिद्र, अस्वस्थ, 4 अस्वस्थता, किंचित् रुग्णता [he has a heart ~]

condition^2 *vt* 1 निर्धारित करना, निश्चित करना, 2 in *pass* निर्भर करना या होना, the receipts are ~ed by the capacity of the hall (टिकटों की) आमदनी इस बात पर निर्भर करती है कि हाल में कुल कितनी जगहें हैं; the expenditure is ~ed by the income व्यय आय पर निर्भर करता है, 3 (जानवर को) स्वस्थ करना, 4 सिखाना, अभ्यस्त करना, 5 अभीष्ट दशा में लाना

conditional *a* जिसके विषय में कोई शर्त लगी हो, शर्त के साथ, शर्त पर, सप्रतिबन्ध, his release was ~ उसे कुछ शर्तों पर रिहा किया गया था; to be ~ **on** sth किसी बात पर निर्भर करना या होना; cheapness is ~ **on** abundance सस्ता होना बहुतायत पर निर्भर करता है; ~**ly** *adv* शर्त पर, कुछ शर्तों पर

conditioned *a* 1 विशेष स्वभाव या चित्तवृत्ति या मनोवृत्ति का; **ill-**~ बुरे स्वभाव या प्रवृत्ति का, **well-**~ अच्छे स्वभाव या प्रवृत्ति का (also see 2) we are ~ to ways of peace शान्तिपूर्वक व्यवहार करना हमारा स्वभाव बन गया है, 2 जो विशेष हालत में हो, well-~ ground अच्छी हालत में धरती, well-~ cattle अच्छी हालत में (रखे गये) ढोर, 3 जो विशेष परिस्थितियों में हो. if I were so ~ यदि मैं ऐसी परिस्थितियों में होता, 4 ~ **reflex** अभ्यास से बनी प्रतिक्रिया, अभ्यस्त प्रतिक्रिया या प्रतिवर्त (see condition^2 4)

condolatory कन्डोल-टरि *a* समवेदनासूचक, समवेदना या सहानुभूति का

condole कन्डोल *vt* (**with s.o., on sth**) (किसी के प्रति या साथ) समवेदना या सहानुभूति व्यक्त करना, मातमपुर्सी करना

condolence कन्-डोल`न्स *n* संवेदना, सहानुभूति, मातमपुर्सी; ~ message संवेदना-सन्देश

condom कॉ`न्डम *n* रबड़ का लिङ्गावरण, निरोध

condominium कॉ`न्ड-मिनिअम *n* (किसी देश पर दो या अधिक विदेशी राष्ट्रों का) संयुक्त-शासन

condonation कॉ`न्डोनेशन *n* 1 माफ़ी, क्षमा, (दोष-)मार्जन, 2 प्रायश्चित्त

condone कन्डोन *vt* 1 अपराध (वि० व्यभिचार) क्षमा करना; माफ़ करना, अनदेखी करना, नज़र अन्दाज करना, 2 (of actions) प्रायश्चित्त या प्रायश्चित्तस्वरूप होना; (दोष) मार्जन करना

conduce कन्ड्यूस *vi* (usu of events, rarely of person) परिणाम-विशेष की प्राप्ति में सहायक होना, योग देना, कारण होना, ventilation ~s to good health हवा का आना-जाना स्वास्थ्य ठीक रखने में सहायक होता है; **conducive** *a* सहायक, कारणभूत, योग देने वाला [~ to happiness]

conduct^1 कॉ`न्डक्ट *n* 1 मार्गदर्शन, (see foll), **safe conduct** (see safe), 2 संचालन, प्रबन्ध,

व्यवस्था, निष्पादन का ढंग, ~ **of affairs** कार्यसंचालन, कार्यसंपादन या निष्पादन, 3 आचरण, आचार, व्यवहार, **good** ~ सदाचार, **bad** ~ दुराचार, दुराचरण

conduct^2 कन्डक्ट *vt* & *i* 1 (व्यक्ति को उपचारपूर्वक) ले जाना, मार्गदर्शन करना (the chief guest was ~ed **to** the dais), 2 (सेना का) संचालन करना, 3 कार्य आदि का संचालन करना; प्रबन्ध करना, कार्य-निर्वाह करना; काम निभाना, कार्य-निष्पादन करना [to ~ the affairs]; to ~ the negotiations बातचीत चलाना, 4 (ताप, विद्युत् आदि का) संवाहन करना, 5 **conducted tour** आयोजक की देख-रेख में की गई यात्रा, आयोजित यात्रा

conduction कन्डक्शन *n* 1 एक पदार्थ से दूसरे पदार्थ में संपर्क द्वारा ताप पहुंचाना, (ताप) संवाहन, 2 (नाली के द्वारा पानी आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान में) पहुंचाना

conductor कन्डक्टर *n* 1 नेता, पथप्रदर्शक, प्रबन्धक, 2 (बस का) चालक, कंडक्टर, 3 (ताप, विद्युत् आदि का) संवाहक [good, bad, ~], lightning-~ तड़ित्-संवाहक, 4 (वाद्य-वृन्द का) निर्देशक

conduit कॉन्ड्यूइट, कॉन्डिट *n* (also **~-pipe**), (तरल पदार्थों के लिए) वाहक नाली, पानी की नाली, नाली, बिजली के तार ढकने की नली, तार-नली

cone कोन *n* 1 (*geom*) शंकु, 2 चीड़ या देवदार का फल, शंकु

confabulate कन्फ़ैब्युलेट *vi* (**with** s.o. or *abs*) बातचीत करना, कथोपकथन करना, घुल घुल कर बातें करना, गपशप करना; **confabulation** *n* बातचीत, कथोपकथन, गपशप

confection कन्फ़ेॅक्शन *n* & *vt* 1 मिश्रण, पदार्थों को मिला कर बनाई गई चीज, मिठाई, मिष्ठान्न, अवलेह; *vt* मिठाई बनाना, अवलेह बनाना

confectioner कन्फ़ेॅक्शनर 1 हलवाई, मिठाई या केक-पेस्ट्री बनाने वाला; ~y *n* मिठाई की दुकान

confederacy कन्फ़े ड-र-सि 1 राष्ट्रों या राज्यों का संघ, राज्यसंघ, 2 (व्यक्तियों या दलों का) संघ, संगठन, 3 षड्यन्त्र, साजिश, 4 गुप्तसन्धि, सांठ-गांठ

confederate^1 कन्फ़ेॅड-रिट *a* & *n* संयुक्त, (राज्यसंघ में) सम्मिलित [~ States]; *n* संगी, साथी, सहापराधी

confederate^2 कन्फ़ेॅड-रेट *vt* & *i* (~ s.o., oneself, a State, **with** s.o. etc.) गठजोड़ कराना या करना, संयुक्त करना या होना, संघ या संगठन में शामिल करना या होना

confederation कन्फ़ेॅड-रेशन *n* 1 राज्यसंघ, राज्यमण्डल, 2 परिसंघ

confer^1 कन्फ़र (*imper* of L root conferre) तुलना करो, मिला करके देखो (*abbr:* cf)

confer^2 *vt* & *i* 1 to ~ a title, degree, favour, **on** s.o. (उपाधि या डिग्री) प्रदान करना, (अनुग्रह) करना, 2 to ~ **with** s.o. (**on** sth, **about** sth) (किसी विषय पर) किसी से बातचीत या सलाह या मन्त्रणा या परामर्श करना

conference कॉन्फ़रन्स *n* 1 सम्मेलन, सभा, 2 बातचीत, मन्त्रणा, परामर्श

confess कन्फ़ेॅस *vt* & *i* 1 (दोष, अपराध) मानना, स्वीकार करना, कबूल करना [I ~ my fault]; I ~ **that** I did it; I ~ **to doing** it; I ~ **to having done** it मैं मानता हूं कि मैं ने ऐसा किया है, (*use with nouns:*) [I ~ **to** a liking for dogs; I ~ **to** a dread of spiders], 2 to ~ one's sins (पादरी के आगे) अपने पाप स्वीकार करना, 3 to ~ the faith अपने धार्मिक विश्वास की घोषणा करना, 4 (of priest) किसी व्यक्ति के पाप वृत्तान्त को सुनना; **~ant** *n* अपने पाप स्वीकार करने वाला व्यक्ति

confession कन्फ़ेशन *n* 1 (किसी अपराध या पाप या तथ्य को) स्वीकार करना, पापस्वीकृति, स्वीकृति, 2 स्वीकार किया गया दोष या अपराध या पाप; to make a full ~ अपना सारा दोष या अपराध स्वीकार करना, 3 **confession of faith** अपने धार्मिक विश्वास की घोषणा, किसी विषय में अपने सिद्धान्तों का अभिकथन

confessional कन्फ़ेॅशनल *a* पाप स्वीकृति या अपराधस्वीकृति संबंधी; *n* वह कक्ष जहां बैठ कर पादरी पापस्वीकृति का वृत्तान्त सुनता है; पापस्वीकरण-कक्ष

confessor कन्फ़ेॅसर *n* 1 पाप स्वीकार करने वाला, 2 ऐसा व्यक्ति जो संकट उपस्थित होने पर भी अपना धार्मिक विश्वास खुल्लमखुल्ला स्वीकार करे, 3 पापस्वीकृति का वृत्तान्त सुनने वाला पादरी

confidant कॉन्फ़िडैन्ट *n* (fem. ~e) ऐसा व्यक्ति जिसे अपने रहस्य (वि० प्रेम संबंधी रहस्य) बता दिये जायें, विश्वस्त व्यक्ति, विश्वासपात्र, अन्तरंग मित्र

confide कन्फ़ाइड *vt* & *i* 1 to ~ **in** s.o. किसी पर विश्वास या भरोसा या एतबार करना, 2 to ~ (a secret, sth) **to** s.o. किसी को कोई रहस्य या बात इस विश्वास से बताना कि वह दूसरे को नहीं बतायेगा, गोपनीय रखने के लिये बताना [He ~d to me that he was the culprit], 3 to ~ **sth to s.o.** कोई चीज किसी के सुपुर्द करना, किसी को सौंपना, किसी की निगरानी में छोड़ना

confidence कॉन्फ़िडन्स *n* 1 दृढ़ विश्वास, पूरा भरोसा, पक्की आशा, आस्था; I have every ~ that he will succeed मुझे दृढ़विश्वास है कि वह सफल होगा, 2 साहस, दिलेरी, धृष्टता [with ~], 3 to tell s.o. sth **in** (**strict**) ~ किसी को कोई बात इस विश्वास से बताना कि वह औरों को (बिल्कुल) नहीं बतायेगा, 4 **to take s.o. into one's confidence** किसी (विश्वास पात्र) को (अपना रहस्य या विचार या इरादा) बता देना; **He is in my** ~ मैं उसे अपने रहस्य बता देता हूं, वह मेरा

विश्वासपात्र है, 5 **confidence trick** दूसरों पर विश्वास जमा कर ठग लेना, विश्वास करने वाले व्यक्ति के द्वारा सौंपे गये बहुमूल्य पदार्थों को लेकर चंपत हो जाना, ~ **man**, ~ **trickster** विश्वास जमा कर ठगने वाला , **विश्वास-वंचक**

confident कॉन्फ़िडन्ट *a* & *n* 1 विश्वस्त, विश्वासी, विश्वास करने वाला, जिसे दृढ़ विश्वास हो [he is ~ **that** he will succeed, he is ~ **of** success], 2 साहसी, दिलेर, आत्मविश्वासी, 3 गुस्ताख़, धृष्ट, निडर, 4 *n* = confidant; ~ly *adv* विश्वासपूर्वक

confidential कॉन्फ़िडेंन्शल *a* 1 जो संबोधित व्यक्ति के अतिरिक्त दूसरों से गोपनीय हो, गोपनीय, गुप्त, 2 जिसे रहस्य या गोपनीय बात बताई जाये, विश्वासपात्र, 3 खुफिया काम करने वाला, 4 विश्वास करने वाला, विश्वासी स्वभाव का, 5 **confidential report** गुप्त या गोपनीय रिपोर्ट; ~ly *adv* गोपनीय रूप से , **औरों से गुप्त रखने के लिए**

configuration कन्फ़िग्युरेशन *n* विन्यास, बनावट, रचना (का ढंग), रूपरेखा, आकृति, *astr* ग्रहों आदि की पारस्परिक स्थिति, संस्थिति

configure कन्फ़िगर *vt* (usu *fig*)आकार बनाना, नक्शा खींचना

confine^1 कॉन्फ़ाइन *n* (usu in *pl*) 1 सीमा, हद; घेरा [the ~s of a place], अहाता, 2 *fig* सीमा, परिधि [beyond the ~s of human knowledge]

confine^2 कन्फ़ाइन *vt* & *i* 1 सीमा के भीतर रखना या रहना, सीमित करना या होना; **to ~ oneself to** doing sth केवल वही काम करना, I shall ~ myself **to** the study of philosophy मैं केवल दर्शनशास्त्र का अध्ययन करूंगा; I shall ~ my remarks **to** the economic aspect मैं केवल आर्थिक पहलू की चर्चा करूंगा, 2 **to** be ~d to the house घर में पड़े रहना, 3 कैद रखना, बंद रखना, रोकना, रोके रखना, 4 (of woman) **to be confined** सौरी में होना

confinement कन्फ़ाइन्मन्ट *n* 1 कारावास, कैद; **solitary** ~ एकान्त कारावास, 2 प्रसूति; सौरी में होना, 3 सीमा या हद के अन्दर रहना या रखा जाना, सीमाबद्धता

confirm कन्फ़र्म *vt* 1 (अधिकार, शक्ति को)स्थायी बनाना, स्थिर करना, 2 (सन्धि, वक्तव्य, समाचार आदि की) पुष्टि करना, 3 (आदत, विचार आदि को) पक्का करना, दृढ़ करना; a ~ed drunkard पुराना पियक्कड़, a ~ed disease पुराना रोग, जीर्ण रोग

confirmation कन्फ़र्मेशन *n* 1 स्थिरीकरण, स्थायीकरण, 2 पुष्टि, पुष्टीकरण, तसदीक [~ of sth]

confirmatory कन्फ़र्म-टरि *n* पुष्टि करने वाला, पुष्टिकारक

confiscate कॉन्फ़िस्केट *vt* 1 जब्त करना, कुर्क करना, राज्यसात् करना, 2 (अधिकारपूर्वक) छीन लेना, अपहरण करना; **confiscation** *n* जब्ती, कुर्की, अपहरण

conflagration कॉन्फ़्लग्रेशन *n* अग्निकाण्ड, दूर दूर तक फैलने वाली भयङ्कर आग; *fig* असन्तोष या शत्रुता आदि की आग

conflict^1 कॉन्फ़्लिक्ट *n* (*lit* & *fig*) 1 लड़ाई, झगड़ा, खटपट, मुठभेड़, टक्कर, संघर्ष, विरोध; **to come into** ~ **with** s.o. किसी के साथ टक्कर होना, 2 (मत, विचार आदि का) परस्पर विरुद्ध या प्रतिकूल होना, विसंवाद, मतभेद, **in** ~ **with** से मेल न खाता हुआ, असंगत, विसंगत

conflict^2 कन्फ़्लिक्ट *vi* [**with** or *abs*, usu *fig*] 1 टक्कर या संघर्ष होना, विरुद्ध या प्रतिकूल होना, when interests ~ जब हितों की टक्कर हो, The two versions ~; his version ~s **with** yours दोनों विवरण परस्पर-विरुद्ध हैं ; उसका बयान आपके बयान से नहीं मिलता

conflicting *a* परस्पर विरुद्ध या विरोधी, प्रतिकूल, असंगत, मेल न खाने वाला [~ views, statements]

confluence कॉन्फ़्लुअन्स *n* 1 (नदियों का) संगम, 2 समागम, मेल, सम्मिलन

confluent कॉन्फ़्लुअन्ट *a* & *n* (of streams, roads,etc, & *fig*) परस्पर मिल जाने वाले, मिलकर बहने या प्रवाहित होने वाले, जिनका संगम हो जाये, संगामी; *n* संगामी नदी

conflux कॉन्फ़्लक्स *n*=confluence

conform कन्फ़ॉर्म *vt* & *i* 1 किसी नमूने पर बनाना, to ~ sth **to** sth कोई चीज किसी चीज के सदृश बनाना, 2 सदृश या अनुरूप या अनुकूल या अनुसार बनाना या होना, सम्मत होना, 3 to ~ oneself to अनुरूप या अनुकूल बनना या अपने आपको ढालना, 4 *vi* to ~ **to** fashion फ़ैशन पर चलना; to ~ to the law कानून मानना; ~**able** *a* 1 सदृश, अनुरूप, अनुसार [~able **to**], 2 संगत, मेल खाने वाला, 3 (of person) मान लेने वाला, समझौता कर लेने वाला

conformance कन्फ़ॉर्मिन्स *n* अनुरूपता, सादृश्य अनुकूलता

conformation कॉन्फ़ॉर्मेशन *n* 1 रचना, बनावट, ढाँचा, 2 अनुरूपता; संरूपण, अनुरूपण

conformist कन्फ़ॉर्मिस्ट *n* सिद्धान्त-विशेष को मानने वाला; किसी आचार-विचार का अनुसरण करने वाला; वि० चर्च आफ़ इंग्लैण्ड का अनुयायी

conformity कन्फ़ॉर्मिटि *n* [**to, with**] 1 सादृश्य, अनुरूपता, 2 के अनुसार चलना, मानना, पालन, in ~ **with** your instructions आपके आदेशानुसार

confound कन्फ़ाउन्ड *vt* 1 विफल कर देना, पूरा न होने देना, धूल में मिलाना, to ~ s.o.'s plan(s) किसी की योजना(ओं) को विफल कर देना, 2

अव्यवस्थित या अस्तव्यस्त या गड़बड़ कर देना, उलझाना; **confusion worse confounded** (see confusion), 3 भ्रम में डालना, चक्कर में डालना [He was ~ed to hear that...]

confraternity को॑न्फ़्रटर्निटि *n* 1 (धार्मिक, धर्मार्थ) संघ, मंडल, सभा, समिति, बिरादरी, 2 निकाय, दल, गुट

confrère F को॑न्फ़्रे॑अर *n* (विद्वत्परिषद् या व्यवसाय में) साथी, सहयोगी

confront कन्फ़्रन्ट *vt* 1 आमने-सामने होना, समक्ष या सम्मुख खड़ा होना, सामना होना, 2 सामना करना, मुकाबला करना, मुकाबले पर खड़ा होना, विरोध करना, टक्कर लेना, to ~ the enemy शत्रु का सामना या मुकाबला करना, **to** ~ a danger खतरे का सामना या मुकाबला करना, 3 सामने ला खड़ा करना, सम्मुख उपस्थित करना, to ~ s.o. **with** witnesses etc किसी के सामने गवाहों को ला खड़ा करना, 4 तुलना करना

confrontation को॑न्फ़्रन्टेशन *n* सामना, मुकाबला, विरोध, टक्कर, झगड़ा, **policy of** ~ टक्कर लेने या विरोध करने की नीति, टकराव की नीति

Confucian कन्फ़्यूशन *a* & *n* चीनी दार्शनिक कन्फ़ूशियस (5th-6th cent B.C.) का (अनुयायी); ~**ism** *n* कन्फ़ूशियस का मत, कन्फ़ूशियस के दार्शनिक सिद्धान्त

confuse कन्फ़्यूज़ *vt* 1 अव्यवस्थित या अस्तव्यस्त या गड़बड़ कर देना, क्रमभंग करना, उलझाना, 2 (मन में) एक बात को दूसरी से मिला देना, कुछ का कुछ समझ लेना, to ~ sth **with** sth एक चीज़ को दूसरी चीज़ समझ लेना; **to** ~ **the issue** सवाल या मामले को गलत समझ लेना, 3 (usu in *pass*) घबरा देना, परेशान करना, चकरा देना, भ्रम में डाल देना [The question ~ed me; I was ~ed]

confusion कन्फ़्यूश्ज़न *n* 1 अव्यवस्था, गड़बड़, गोलमाल, उलझाव, **confusion worse confounded** पहले से भी ज़्यादा गड़बड़, 2 कोलाहल, शोरगुल, हुल्लड़, 3 भ्रान्ति, भ्रम, गलतफ़हमी, 4 घबराहट, परेशानी

confutation को॑न्फ़्यूटेशन *n* (see foll) प्रत्याख्यान, खण्डन, निराकरण

confute कन्फ़्यूट *vt* (व्यक्ति या दलील को) गलत सिद्ध या प्रमाणित करना, (दलील का) प्रत्याख्यान या खण्डन या निराकरण करना

congé कॉन्श्ज़े *n* 1 बरखास्तगी, 2 जाने की अनुमति

congeal कन्जील *vt* & *i* 1 (ठंड से) जमना, (ठंडा करके) जमाना, 2 (खून, तेल आदि का) गाढ़ा करना या होना, जमना या जमाना; ~**ment** *n* =foll 1

congelation को॑न्जिलेशन *n* 1 जमने या जमाने की क्रिया, गाढ़ा होने या करने की क्रिया, जमाव, 2 जमी हुई हालत, जमी हुई चीज़

congener को॑न्जिनर *n* [~ **of**] (किसी का) सजातीय [the dove is a ~ of the pigeon]; *a* [~ **to**] के सदृश, के समान, से संबंधित

congeneric को॑न्-जिने॑रिक *a* सजातीय, सगोत्र, समान प्रकृति या स्वभाव का, उसी प्रकार का

congenial कन्जीनियल *a* 1 (of persons, characters, tastes, etc) समान, एक-जैसा, समान या एक ही स्वभाव का; we have ~ tastes हमारी रुचि एक सी है, 2 [~ **with, to**] सहानुभूति रखने वाला, सहानुभूतिमय, 3 [~ **to**] अनुकूल, अनुरूप, उपयुक्त, अच्छा लगने वाला, 4 ~ spirit अच्छा या अनुकूल स्वभाव, ~ employment (अपने स्वभाव के) अनुकूल काम

congeniality कन्जीनियैलिटि *n* 1 समानता, स्वभाव की समानता, 2 अनुकूलता, अनुरूपता

congenital कन्जे॑निटल *a* (esp of diseases, defects, etc), जन्मजात, सहजात, ~ idiot, idiocy जन्म से पागल, जन्मजात पागलपन ; ~**ity** *n* (रोग आदि का) जन्म से या जन्मजात होना

conger को॑ङ्गर *n* ~(**eel**) समुद्री सर्पमीन, सर्पाकार समुद्री मछली

congeries कन्जे॑रिई *n* (*pl* same) समूह, इकट्ठ, ढेर (वि० बेमेल या विभिन्न वस्तुओं का)

congest कन्जे॑स्ट *vt* (esp in *pp*) 1 भीड़-भाड़ करना, भीड़-भाड़ करके (यातायात आदि में) रुकावट पैदा करना, **congested area** भीड़-भाड़ वाला इलाका [street ~ed with traffic], 2 *med* किसी अंग में बहुत रक्त जमा होना, (अङ्ग का) रक्तसंकुल होना, [~ed lungs, brain, etc]

congestion कन्जे॑स्चन *n* 1 रक्त संचय, रक्तसंकुलता congestion of the lungs फेफड़ों में खून जमा हो जाना, 2 (*fig* of population, traffic, etc) भीड़-भाड़, घनी आबादी; यातायात का अवरोध, यातायात का रुक जाना

conglomerate^{1} कन्ग्लो॑मरिट *a* & *n* पुंजीभूत; पिंडीभूत; *n* 1 बेमेल चीजों का मिश्रण, घालमेल, 2 असंबंधित फ़र्मों का संघ

conglomerate^{2} कन्ग्लो॑मरेट *vt* & *i* (*lit* & *fig*) मिलकर एक करना या होना, पिंडीभूत करना या होना, पुंजीभूत करना या होना, ढेर या अंबार लगाना; **conglomeration** *n* परस्पर जुड़ी हुई चीज़ों का ढेर; पुंज, पिंड, समूह, जमघट; संघात

conglutinate कन्ग्लूटिनेट *vt* & *i* सरेस से जोड़ना या चिपकाना, सरेस की तरह परस्पर जुड़ना या जोड़ना, चिपकना या चिपकाना

congratulate कन्ग्रैचुलेट *vt* बधाई देना, मुबारकबाद देना, to ~ s.o. **on** sth किसी को किसी बात पर या किसी बात की बधाई देना; to ~ oneself **on** sth] किसी बात में अपने आप को सौभाग्यशाली मानना, अपना सौभाग्य मानना [I ~ed myself on my escape]

congratulation *n* बधाई, मुबारकबाद

congratulator *n* बधाई देने वाला; **~y** *a* बधाई का [~y letter]

congregate कों न्ग्रिगेट *vt & i* 1 (लोगों को) इकट्ठा करना, जमा करना, (लोगों का) इकट्ठा होना, जमा होना, भीड़ लगाना, भीड़ लगना, 2 (चीज़ों के) अंबार या ढेर लगाना या लगना

congregation कों न्ग्रिगेशन *n* 1 जनसमुदाय, जनसमूह, भीड़, इकट्ठ, जमाव, 2 अंबार, ढेर, 3 सभा, विराट् सभा; विश्वविद्यालय की परिषद्, (मन्दिर, गिरजे आदि में) उपस्थित जनसमुदाय, religious ~ सत्सङ्ग, प्रार्थना समाज; **~al** *a* 1 सामुदायिक, सामूहिक, 2 सत्सङ्ग का

congress कों ङ्ग्रे स *n* 1 सम्मेलन, सभा, बैठक, 2 राष्ट्रीय विधान सभा, महासभा, (अमरीका की) संसद्

congressional कन्ग्रे शनल *a* सम्मेलन का, अमरीकी संसद् या महासभा का

Congressman *n* अमरीकी संसद् का सदस्य; (भारतीय) कांग्रेस दल का सदस्य, कांग्रेस सदस्य, कांग्रेसी; [fem. Congresswoman]

congruence कों न्ग्रुअन्स *n* [of one thing **with** another; **between** two things] मेल, संगति, पूर्ण संवाद, सर्वाङ्गसमता

congruent कों न्ग्रुअन्ट *a* [~ **with**] बिलकुल मेल खाता हुआ, पूर्णतया संवादी या सदृश, सर्वथा अनुरूप, *math* सर्वाङ्गसम [~ triangles]

congruity कों न्ग्रूइटि *n* अनुरूपता, संगति, मेल

congruous कों न्ग्रुअस *a* 1 [~ **with**] अनुरूप, अनुकूल, सगत, मेल खाने वाला, 2 उपयुक्त, उचित, ठीक

conic(al) कों निक, -ल *aa* शंकु-जैसा, शंकुरूप, शुण्डाकार, नुकीला

conifer कों निफ़र *n* शंकु-वृक्ष, देवदार जाति के वृक्ष जिस पर शंकु-जैसे फल लगते हैं

coniferous कनिफ़रस *a* शंकु फल वाला, शंकुधारी

conjectural कन्जे क्चरल *a* 1 अटकलपच्चू, अनुमान पर आधारित, आनुमानिक

conjecturable *a* जिसके बारे में अटकल लगाई जा सके, जिसका अनुमान किया जा सके, अनुमेय

conjecture[1] कन्जे क्चर *vt & i* 1 अटकल लगाना, अनुमान लगाना, 2 ग्रन्थ के लुप्त मूलपाठ का अनुमान करना, आनुमानिक मूलपाठ प्रस्तुत करना

conjecture[2] *n* 1 बिना पर्याप्त आधार के बना मत, अटकल, अन्दाज़ा, अनुमान, ख्याल, 2 ग्रन्थ के लुप्त मूलपाठ का अनुमान

conjoin कन्जों इन *vt & i* जुड़ना, जोड़ना, मिलना, मिलाना, संयुक्त होना या करना

conjoint कन्जों इन्ट *a* संयुक्त, सम्मिलित, संबद्ध, संबंधित

conjugal कों न्जुगल *a* 1 पति या पत्नी का, विवाह-संबंधी, वैवाहिक, ~ **rights** पति या पत्नी से संभोग का अधिकार, वैवाहिक अधिकार, 2 पति का, पत्नी का, पति-पत्नी का, दम्पती का, दाम्पत्य, ~ affection पति-प्रेम, पत्नीप्रेम, पति-पत्नी का प्रेम

conjugate कों न्जुगेट *vt & i* 1 *gram* (काल, पुरुष, वचन, वाच्य आदि के अनुसार) क्रिया के रूप बनाना, 2 *biol* (नर-मादा का) संयुग्मित होना

conjugate कों न्जु-गिट *a* 1 जुड़ा हुआ, मिला हुआ, 2 *biol* युग्मित, संयुग्मित, संयुग्मी

conjugation कों न्जुगेशन *n* 1 *gram* (काल, पुरुष, वचन, वाच्य आदि के अनुसार) क्रिया के विभिन्न रूप, क्रिया रूपावली, 2 *biol* संयुग्मन

conjunct कन्जङ्क्ट *a* संयुक्त, जुड़ा हुआ, मिला हुआ, ~ consonants संयुक्त व्यंजन

conjunction कन्जङ्क्शन *n* 1 संयोग, मेल, **in ~ with s.o.** किसी के साथ मिलकर, 2 (*astr*, *astrol*) निकटता, समीपता, योग, ~ of stars, planets ग्रहों का योग, 3 (घटनाओं का) योग या संयोग [an unusual ~ of circumstances]

conjunctive कन्जङ्क्टिव *a* 1 जोड़ने वाला, मिलाने वाला, 2 *gram* संयोजक (शब्द) (*e.g.* and, as well as, also, etc)

conjunctivitis कन्जङ्क्टिवाइटिस *n* आंख के डेले और पलक को मिलाने वाली झिल्ली की सूजन, नेत्र-श्लेष्माशोथ

conjuncture कन्जङ्क्चर *n* योग, घटनाओं का योग या संयोग, स्थिति, (विशेष) परिस्थिति, (खास) हालात, अवसर, मौका

conjuration कों न्जुरेशन, कन्जुअरेशन *n* 1 विनम्र प्रार्थना, सविनय अनुरोध, 2 जादू-टोना अभिचार, मन्त्र, मन्तर

conjure कन्जुअर *vt & i* 1 विनम्र प्रार्थना करना [**to ~ s.o. to do sth**], **2**(कंजर) **to ~ up** ख्याल में लाना, कल्पना करना, to ~ **up** memories याद ताजा करना, अतीत घटनाओं का स्मरण हो आना, 3 **to ~ up a spirit** भूत बुलाना, 4 **to ~ out** मन्त्र या जादू से बाहर निकालना, to ~ away जादू से दूर भगाना, 5 जादू करना, मन्त्र फूंकना, अभिचार करना, चमत्कार करना, **a name to conjure with** बहुत प्रभावशाली नाम; **~man** टोनहाया, **~woman** टोनहाई

conjuror कन्जरर *n* मदारी, जादूगर, ऐन्द्रजालिक

connate कों नेट *a* 1 सहजात, जन्मजात, स्वाभाविक, ~ ideas जन्मजात विचार, 2 ~ with... किसी के साथ उत्पन्न, किसी के समकाल उत्पन्न

connatural कनैंचरल *a* 1 स्वाभाविक, नैसर्गिक [~ **to**], 2 समान प्रकृति या स्वभाव का

connect कने क्ट *vt & i* 1 (दो चीजों को) जोड़ना, मिलाना, संयुक्त करना, संबद्ध करना [to ~ one thing to another], जुड़ना, संबद्ध होना, 2 (दो बातों, दलीलों, विचारों में) संबंध स्थापित करना या संबंधित समझना [to ~ Assam **with** oil and tea]; (in *pass*) to be ~ed (**with**)

संबंधित होना

connected *a* 1 (विचार आदि) सम्बद्ध, सुसंबद्ध, संगत, सुसंगत, 2 (of person) **to be well** ~ बड़े-बड़े लोगों से संबंध होना

connection, connexion कनेॅक्शन *n* 1 जोड़ना, संयोजन, मिलाना, 2 संबंध, मेल, 3 विचारों का संबंध या संगति या सिलसिला, **in this** ~ इस संबंध या विषय या सिलसिले या बारे में, **in** ~ **with** के विषय या बारे में, 4 पारिवारिक संबंध, रिश्ता, नाता, संबंधी, रिश्तेदार, 5 *rail* मेल; एक गाड़ी के पहुंचने के बाद चलने वाली गाड़ी, संबंधित गाड़ी, to miss the ~ संबंधित गाड़ी न पकड़ पाना

connective कनेॅक्टिव *a* जोड़ने वाला, मिलाने वाला, योजक, संयोजक

connivance कनाइवन्स *n* 1 (जान बूझकर की गई) उपेक्षा, अनदेखी, चश्मपोशी, दृष्टोपेक्षा [his ~ at the malpractices], 2 मौन अनुमति या सहमति, मिली भगत [This was done **with** his ~]

connive कनाइव *vi* [~ **at**] (विरोध करने लायक बात देखकर) आँखें मूंद लेना, अनदेखी करना, चश्मपोशी करना, जानबूझ कर ध्यान न देना, उपेक्षा करना, जानबूझ कर होने देना, to ~ **at** an abuse किसी ग़लत काम या दुराचार की अनदेखी करना

connoisseur कोॅन-सर *n* (कलाकार या कलाकृति के) गुण-दोष पहचानने वाला, गुणज्ञ, पारखी, [~ **of** *or* **in** painting, wine, etc]

connotation कोॅन-टेशन *n* (see connote), 1 ध्वनित अर्थ, मतलब, 2 *log* गुणनिर्देश; **connotative** *a* 1 ध्वनित अर्थ देने वाला, 2 गुणनिर्देश करने वाला

connote कनोट *vt* 1 (of words) (मुख्य अर्थ के अतिरिक्त) ध्वनित करना, (एक प्रकार से) मतलब होना [The word 'home' ~s comfort and affection], 2 (of fact) (परिणाम) सूचित करना, संकेत करना [Injury ~s pain], 3 गुणनिर्देश करना [Adjectives can only ~, nouns can denote]

connubial कन्यूबियल *a* विवाह का, विवाह-संबंधी, वैवाहिक. पति-पत्नी का, दम्पती का, दाम्पत्य

conquer कोॅङ्कर *vt* 1 (शत्रु को) हराना, परास्त करना, पराजित करना, 2 जीतना, विजय पाना, मैदान मारना, 3 (किला आदि) फ़तह करना, सर करना, 4 (आदत, राग-द्वेष आदि पर) काबू पाना, 5 (देश, भूमि को) अधीन करना, 6 to ~ all hearts सब के दिलों को जीत लेना, 7 (पर्वत पर) चढ़ने में सफल होना

conqueror कोॅङ्करर *n* 1 विजेता, जीतने वाला, 2 हराने वाला, परास्त करने वाला, 3 **the Conqueror** इंग्लैंड का सम्राट् विलियम प्रथम (1027-87)

conquest कोॅङ्क्वेॅस्ट *n* 1 विजय, जीत, 2 (किसी देश को) अधीन करना, अधीन किया गया देश, विजित प्रदेश, 3 (व्यक्ति) जिस का दिल जीत लिया गया हो, जिसका प्रेम प्राप्त कर लिया गया हो; to make a ~ of s.o., of s.o.'s heart किसी का दिल जीत लेना

consanguine *a*=foll

consanguineous कोॅन्सॅङ्ग्विनियस *a* सगोत्र, सपिंड, जिसका (किसी के साथ) खून का रिश्ता हो

consanguinity कोॅन्सॅङ्ग्विनिटि *n* सगोत्रता, सपिंडता, खून का रिश्ता, रक्त-संबंध

conscience कोॅन्शन्स *n* 1 पाप-पुण्य में विवेक करने वाली (मानसिक) शक्ति, सदसद्-विवेक (की भावना), अन्तःकरण, अन्तःकरण-प्रवृत्ति, अन्तरात्मा (की आवाज़), ज़मीर; **with a good** (*or* **clear**) ~ यह जानते हुए कि मैंने कोई गलती या अपराध या पाप नहीं किया; अपने आपको निर्दोष जानते हुए, **with a bad** (*or* **guilty**) ~ अपने आपको अपराधी समझते हुए, **to have sth on one's** ~ किसी विषय में अपने को दोषी समझना, to have the ~ to do sth कोई काम करने की धृष्टता करना. **to have no** ~ कोई भी पाप करने को तैयार होना, बे-ज़मीर होना, **for conscience sake** अन्तरात्मा के सुख के लिए, 2 ~ **clause** (in law) अन्तःकरण से प्रेरित हो कर (कानून का) विरोध करने वालों को छूट देने वाली धारा, 3 **conscience money** अन्तरात्मा की धिक्कार से बचने के लिए दी गई रकम (वि० वह देय आय-कर जो न दिया गया हो), ईमानी अदायगी, 4 ~**-stricken** जिसे उसका अन्तरात्मा धिक्कार रहा हो, जिसे पश्चात्ताप हो रहा हो

conscientious कोॅन्शियेॅन्शस *a* 1 अन्तःकरण या अन्तरात्मा के निर्णय पर चलने वाला, अन्तःकरणानुसारी, सदसद्-विवेकशील, ज़मीर वाला, ईमानदार, **conscientious objector** अन्तःकरण की प्रेरणा से (किसी बात पर, वि० फौज की नौकरी पर) आपत्ति करने वाला; ~**ly** *adv* अन्तःकरण की प्रेरणा से, ~**ness** *n* सदसद्विवेकशीलता, पाप-पुण्य में विवेक करने का स्वभाव, धर्मपरायणता, साधुता, ईमानदारी

conscious कोॅन्शस *a* & *n* 1 जानता हुआ, अभिज्ञ, **to be** ~ **of** sth, **to be** ~ **that**...जानना, I am ~ **of** my shortcomings मैं अपनी त्रुटियों को जानता हूं, 2 सचेत, चेतनायुक्त, चेतन, होश में, to become ~ होश में आना, सचेत होना, संज्ञालाभ करना, 3 जिसका कर्ता को ज्ञान हो, जिसका पता लगे, जिसकी अनुभूति हो, I was not ~ of his presence मुझे उसकी उपस्थिति का ज्ञान नहीं था; a hardly ~ movement ऐसी गति जिसकी मुश्किल से अनुभूति हो; with ~ superiority अपनी प्रवरता या वरीयता को जानते हुए, 4 का ज्ञान रखने वाला [class ~], का ध्यान या ख़्याल रखने वाला [clothes ~]; *n* **the conscious** चेतन मन

consciousness *n* 1 चेतना, चित्-शक्ति, 2 बोध, ज्ञान, पूर्वाभास, भांपना, 3 होश, संज्ञा **to lose** ~ बेहोश होना, संज्ञाहीन होना; **to regain** ~ होश

में आना, **संज्ञालाभ करना**

conscript^1 कन्स्क्रिप्ट *vt* (सेना में) जबरन भर्ती करना

conscript^2 कॉन्-स्क्रिप्ट *a* & *n* जबरन भरती किया हुआ (सिपाही या व्यक्ति)

conscription कन्-स्क्रिप्शन *n* 1 अनिवार्य भरती, 2 ~ of wealth (सेना में भरती न होने वाले लोगों का युद्ध में अनिवार्य योगदान प्राप्त करने के लिए उनकी) संपत्ति को राज्यसात् करना, सम्पत्ति पर कर लगाना

consecrate कॉन्सिक्रेट *vt* 1 अभिषेक करना, धार्मिक पद पर प्रतिष्ठित करना, 2 समर्पण या समर्पित करना [to ~ one's life **to** the service of the nation], 3 पवित्र करना, पुण्य स्मारक बनाना, this place is consecrated **to** freedom-fighters यह स्थान स्वतंत्रता-सेनानियों का पुण्य स्मारक है

consecration कॉन्सिक्रेशन *n* 1 अभिषेक, धर्माभिषेक संस्कार, धार्मिक पद पर प्रतिष्ठित करना या होना, the ~ of Jagadguru Shankaracharya जगद्गुरु शङ्कराचार्य का अभिषेक, 2 किसी (पुण्य) काम के लिए समर्पण, the ~ of a whole life **to** a single object एक ही काम के लिए समस्त जीवन का समर्पण, 3 पवित्र करना, पवित्रीकरण

consecution कॉन्सिक्यूशन *n* 1 घटनाओं का क्रम, 2 तर्कसंगत या तार्किक क्रम

consecutive कन्सेक्युटिव *a* 1 किसी के ठीक बाद आने वाला, अनुगामी, अनुपूर्व, क्रमिक, क्रमागत, क्रमबद्ध, क्रमानुसारी, निरन्तर; ~ order अनुपूर्व क्रम, निरन्तर क्रम, ~ **numbers** अनुपूर्व संख्याएं (*e.g.* 30, 31, 32...); ~**ly** *adv* अनुपूर्व क्रम से, क्रमशः, निरन्तर क्रम से, लगातार; ~**ness** *n* अनुपूर्वता

consenescence कॉन्सनेसन्स *n* बुढ़ापे के कारण होने वाली क्षीणता, जराजीर्णता

consensus कन्सेन्सस *n* 1 सहमति, मतैक्य, 2 मेल, समानता, एक जैसा होना, संगति, **consensus of opinion** सहमति, मतैक्य, ~ of testimony साक्ष्य या साक्ष्यों की समानता, 3 अधिकांश लोगों का मत, बहुमत [~ govt., ~ politics]

consent^1 कन्सेन्ट *vi* स्वीकार करना, मंजूर करना सहमति या सम्मति देना, मान लेना, सहमत होना, to ~ **to** sth कोई बात या सुझाव आदि मान लेना, **to ~ to do sth** कोई काम करने को राज़ी या रज़ामन्द होना

consent^2 *n* 1 स्वीकृति, मंजूरी, 2 सहमति, 3 ~ **to** a request प्रार्थना की स्वीकृति, **by common ~** सर्वसम्मति से, सबकी सहमति से, **by mutual ~** आपसी रजामन्दी से; **age of consent** (सहवास-) सम्मति-वय

consequence कॉन्सिक्वन्स *n* 1 (पूर्ववर्ती कार्य का) फल, परिणाम, नतीजा, **to take the consequences** अपने किये का (या अपने निर्णय का) फल भुगतने को तैयार होना या रहना, **in ~ (of)** फलस्वरूप, परिणामस्वरूप, परिणाम यह हुआ कि; इस कारण, He disobeyed and was, in ~, dismissed; He was dismissed in ~ **of** his disobedience उसने आज्ञा का उल्लंघन किया जिसके परिणामस्वरूप उसे निकाल दिया गया; आज्ञा का उल्लंघन करने के कारण उसे निकाल दिया गया, 2 *log* निष्कर्ष, 3 महत्त्व, it is **of** ~ यह महत्त्व की बात है; it is **of no** ~ इस (बात) का कोई महत्त्व नहीं, 4 (समाज में) प्रतिष्ठा, सम्मान, गौरव, he is of no ~ समाज में उसकी कोई प्रतिष्ठा नहीं है; persons of ~ प्रतिष्ठित जन या लोग, बड़े आदमी

consequent^1 कॉन्-सिक्वन्ट *n* 1 किसी घटना के परिणामस्वरूप होने वाली दूसरी घटना, परिणामी घटना, परिणाम, आनुषङ्गिक घटना, 2 हेतुहेतुमद्भाव वाले (conditional) वाक्यों में दूसरा वाक्यखंड (जो परिणाम सूचित करता है) फलवाक्य; *e.g.* If it rains (*antecedent*), I shall bring the umbrella (*consequent*); *math* परपद

consequent^2 *a* 1 परिणामस्वरूप होने वाला, परिणामी, बाद में होने वाला, अनुवर्ती, infirmity ~ **on** a wound घाव के कारण होने वाली कमजोरी, 2 *log* निष्कर्षस्वरूप [~ **from**], 3 संगत, तर्कसंगत, तर्कसम्मत

consequential कॉन्-सिक्वेन्शल *a* 1 परिणामी, आनुषङ्गिक, अनुवर्ती [~ damage], 2 निष्कर्षस्वरूप, 3 (of person) प्रतिष्ठित, प्रभावशाली, महत्त्व रखने वाला, बड़ा, अहम्मन्य

consequently *adv* परिणामतः, फलतः, फलस्वरूप, अतः, इस कारण

conservancy कन्सर्वन्सि *n* 1 (बन्दरगाह, नदी आदि का) प्रबन्ध करने वाला निकाय या विभाग, प्रशासक मण्डल, प्रशासन, बन्दरगाह-प्रशासन, 2 (वन आदि का) राजकीय या सरकारी संरक्षण या परिरक्षण, 3 (नगर आदि की) सफ़ाई, मल-सफ़ाई, ~ **staff** सफ़ाई-कर्मचारी, मलवहन कर्मचारी

conservation कॉन्सर्वेशन *n* 1 संरक्षण, परिरक्षण, रक्षण, ~ of forests वन-संरक्षण, 2 अविनाशिता, ~ of energy ऊर्जा की अविनाशिता (का सिद्धान्त); यह सिद्धान्त कि विश्व में ऊर्जा की कुल मात्रा घटती-बढ़ती नहीं

conservatism कन्सर्व-टिज़्म *n* (see foll) रूढ़िवाद, रूढ़िवादिता

conservative कन्सर्व-टिव *a* 1 सुरक्षित रखने वाला, खराब होने या बिगड़ने से बचाने वाला (रसायन), 2 *a* & *n* प्रचलित व्यवस्था को बनाये रखने वाला, रूढ़िवादी, पुराणपन्थी, **conservative party** कन्ज़र्वेटिव या रूढ़िवादी दल, 3 (of estimate) कम करके लगाया हुआ, परिमित, बहुत मामूली

conservator कॉन्सर्-वेटर *n* 1 संरक्षक, परिरक्षक,

2 (वन; संग्रहालथ आदि का) संरक्षक; अध्यक्ष

conservatory कन्सर्व-टरि *n* वनस्पति-घर, कोमल पौधों को उगाने के लिए शीशे का बना घर, (वनस्पति-)संरक्षणशाला

conserve^{1} कन्सर्व *n* (usu in *pl*) मिठाई, मुरब्बा, अचार

conserve^{2} *vt* (हानि, क्षय, नाश आदि से) बचाना, सुरक्षित करना या रखना, संरक्षण या परिरक्षण करना [to ~ fruit]; नष्ट न होने देना, बनाये रखना [to ~ one's energy, resources, etc]

consider कन्सिडर *vt* & *i* **1** मनन करना, ध्यान करना, **2** सोचना, विचार करना, विचार-विमर्श करना [Please ~ my suggestion], **3** समझना, ख्याल करना, मानना [I ~ him (to be) crazy], **4** ध्यान में रखना, लिहाज़ करना; While awarding the punishment, you must consider his age दण्ड देते समय तुम्हें उसकी उम्र का लिहाज़ या ख्याल करना चाहिए, **all things considered** सब बातों (तथ्यों, संभावनाओं आदि) का ख्याल रखते हुए

considerable कन्सिडर-बल *a* **1** विचारणीय, सोचने लायक, **2** (of person) प्रतिष्ठित, प्रभावशाली, महत्त्व रखने वाला, बड़ा, जाना-माना, गण्य-मान्य, **3** बहुत, काफ़ी, ख़ासा, बड़ा, बहुत-कुछ, थोड़ा नहीं, ~ trouble बहुत तकलीफ़, to a ~ extent बहुत हद तक; **considerably** *adv* बहुत हद तक, बहुत;

considerate कन्सिडरट *a* दूसरों का ख़्याल या लिहाज़ रखने वाला [~ **towards** s.o.; it was ~ of you not to keep the old man waiting]

consideration कन्सिड-रेशन *n* **1** चिन्तन, मनन, विचार, सोच-विचार, विचार-विमर्श, **2** ध्यान, ख़्याल, लिहाज़, **to take sth into consideration**, किसी बात का ख्याल रखना या करना, ध्यान रखना; **to leave sth out of** ~ ख्याल न रखना; **under consideration** जिस पर विचार हो रहा हो, विचाराधीन, **in** ~ **of** का ख्याल करते हुए, लिहाज़ रखते हुए, के बदले में, के प्रतिकारस्वरूप, **3** ध्यान देने योग्य बात, महत्त्वपूर्ण बात, money is always the first ~ रुपये का सवाल हमेशा सब से पहले उठता है, money is no ~ रुपये का कोई सवाल नहीं, रुपये की कोई बात नहीं, **4** बदला, मुआवज़ा, मुआवज़े के तौर पर दिया जाने वाला धन, **5** सम्मान, आदर, लिहाज़, **to treat s.o. with** ~ किसी के साथ आदरपूर्वक व्यवहार करना, इज्ज़त से पेश आना

considering *prep* का ध्यान रखते हुए, यदि ध्यान रखा जाये [He's very active, ~ his age]

consign कन्साइन *vt* [to] **1** सपुर्द करना, हवाले करना, अर्पित या समर्पित करना, भेंट करना, दे देना [to ~ **sth to** s.o., s.o.'s care], to ~ **to** flames अग्नि की भेंट करना, to ~ **to oblivion** विस्मृति के गर्त में डाल देना, भुला देना, **2** (रेल आदि द्वारा) भेजना, माल भेजना, रवाना करना, चलान करना [The goods have been ~ed to him by rail]

consignee कॉन्साइनी *n* माल पाने वाला, प्रेषिती

consignment कन्साइन्मन्ट *n* **1** माल का भेजना, प्रेषण, **2** भेजा गया माल, प्रेषित माल, चलानी

consignor कन्साइनर *n* माल भेजने वाला, प्रेषक

consist कन्सिस्ट *vi* **1** [~ **of**] (तत्वो, वस्तुओ आदि से) बना होना, निर्मित होना, घटित होना, a book ~s of leaves पुस्तक पृष्ठों की बनी होती है, **2** [**to** ~ **in**] (गुण, अवस्था आदि का किसी बात) पर आधारित होना; True happiness consists in desiring little सच्चा सुख इच्छाओं को कम करने में है, **3** [**to** ~ **with**] संगत या अनुकूल या अनुरूप या अविरुद्ध होना, मेल खाना

consistence कन्सिस्टन्स *n* **1** (शरबत आदि का) गाढ़ापन, घनापन, संघनता, **2** (भूमि, धरती का) ठोसपन

consistency कन्सिस्टन्सि *n* **1** =consistence, **2** संगति, अविरोध, सामंजस्य, (आचरण की) एकरूपता, स्थिरता [your actions lack ~]

consistent कन्सिस्टन्ट *a*. ~ **with** संगत, अनुरूप, अनुकूल, अविरुद्ध; तर्कसंगत, युक्तिसंगत; (of person) स्थिर-स्वभाव, अपने सिद्धान्तों पर जमा रहने वाला, एकरूप, सदा एक सा, **~ly** *adv* **1** बराबर, लगातार; **2** **~ly with** के अनुरूप, के अनुसार

consolable कन्सोल-बल *a* जिसे ढारस बंधाया जा सके, जिसे धीरज दिलाया जा सके, समाश्वासनीय

consolation कॉन्सलेशन *n* **1** सान्त्वना, आश्वासन, दिलासा, ढारस, तसल्ली, **2** जिस बात से तसल्ली हो या दुःख कम हो, सान्त्वना या तसल्ली की बात [this is a great consolation], **3 consolation prize** उत्साह-हेतु पुरस्कार (जो मुख्य इनाम पाने में तनिक पिछड़ जाने वाले को दिया जाता है)

consolatory कन्सोले-टरि *a* सान्त्वनादायक, सान्त्वनाप्रद, दिलासा देने वाला, ढारस बन्धाने वाला

console कन्सोल *vt* ढारस बंधाना, धीरज बंधाना, दिलासा देना, तसल्ली देना, सान्त्वना या आश्वासन देना, आँसू पोंछना

consolidate कन्सॉलिडेट *vt* & *i* **1** ठोस बनाना, ठोस होना, **2** usu *fig* पक्का करना, मजबूत करना; स्थायी बनाना, स्थिर करना, पुष्ट करना [to ~ one's power], मिला कर एक करना, संगठित करना, संयुक्त करना, इकट्ठा करना, to ~ territories इलाकों को मिला कर एक करना, to ~ estates संपदा को संहत करना, to ~ companies कंपनियों को संयुक्त करना; to ~ debts ऋण या ऋणों की एक राशि बनाना; **Consolidated Fund** विभिन्न करों से होने वाली आय की संयुक्त राशि (जिस से राष्ट्रीय ऋण का भुगतान किया जाता है), संचित निधि

consolidation कन्सॉलिडेशन *n* **1** संहितबद्ध करना [~ of laws etc], **2** चकबन्दी [~ of land holdings]

consonance कोन्ँसनन्स *n* 1 स्वरसाम्य, ध्वनिसाम्य, लय, 2 *fig* अनुरूपता, मेल, सामंजस्य, ~ of ideas विचारों का मेल खाना या मिलता-जुलता होना, विचारसामंजस्य

consonant^1 कोॅन्सनन्ट *a* 1 अनुरूप, मेल खाता हुआ, ~ **with** duty कर्तव्य के अनुरूप, 2 समान सुर या ताल में

consonant^2 *n* व्यंजन

consort^1 कोॅन्सॉर्ट *n* 1 पति, पत्नी, queen ~ राजा की पत्नी, रानी, सम्राज्ञी, **king, prince,** ~ (शासिका) रानी का पति, 2 जहाज़ के साथ-साथ चलने वाला दूसरा जहाज, साथ का जहाज़, to sail in ~ दो जहाज़ों का साथ-साथ चलना, to act in ~ **with s.o.** किसी के साथ मिलकर काम करना

consort^2 कन्सॉर्ट *vt* & *i* 1 साथ रखना, एक वर्ग में रखना, 2 to ~ **with** s.o. किसी के साथ संबंध या ताल्लुक रखना, 3 अनुरूप या अनुकूल होना [His practice does not ~ **with** his preaching]

consortium कन्सॉर्शियम *n* (अनेक राष्ट्रों या संगठनों का किसी काम में) सहयोग, (किसी काम में परस्पर सहयोग करने वाले राष्ट्रों या संगठनों का) समवाय, संघ [a ~ of States, a ~ of banks, etc]

conspectus कन्स्पेॅक्टस *n* 1 (किसी विषय की) रूप-रेखा, संक्षेप सार, 2 व्यापक सिंहावलोकन

conspicuous कन्स्पिक्यु-अस *a* 1 जो साफ़ दिखाई दे, स्पष्ट, सुस्पष्ट, साफ़ [traffic signs should be ~], 2 ध्यान आकर्षित करने वाला, ध्यानाकर्षक, ध्यान देने योग्य, ~ **by its absence** अनुपस्थित होने के कारण जिसका रह-रह कर ख्याल आये; **to make oneself** ~ असाधारण आचरण या वेशभूषा के कारण ध्यान आकर्षित करना, 3 विशिष्ट, ख़ास, उत्कृष्ट, असाधारण, अद्भुत [~ gallantry]

conspiracy कन्स्पिर-सि *n* 1 गुप्त मन्त्रणा, कुमन्त्रणा, साँठ-गांठ, 2 साज़िश, षड्यन्त्र, जाल

conspirator कन्स्पिर-टर *n* षड्यंत्रकारी, साज़िश करने वाला

conspire कन्स्पायर *vi* 1 (राजद्रोह, हत्या आदि के विचार से) गुप्त मन्त्रणा करना, साँठ-गाँठ करना, षड्यन्त्र रचना या करना, साज़िश करना [to ~ **against** the Govt.], 2 (of events) एक साथ घटित होना, (परिस्थितियों का) संयोग होना, मिल जाना [events that ~d **to hasten his downfall**]

constable कन्स्ट-बल, कोॅन्स्ट- *n* (also police ~) (पुलिस का) सिपाही, कांस्टेबल

constabulary कन्स्टैब्युलरि *n* पुलिस, पुलिस-दल

constancy कोॅन्स्टन्सि *n* 1 स्थिरता, स्थैर्य, स्थायित्व, दृढ़ संकल्प, अचल स्वभाव, दृढ़ता, 2 वफ़ादारी, सदा साथ देना, 3 परिवर्तनहीनता, समरूपता

constant कोॅन्स्टन्ट *a* & *n* 1 स्थिर, अचल, अडिग, दृढ़ संकल्प या निश्चय वाला, अटल; ~ to s.o. वफ़ादार, सदा साथ देने वाला, भक्त, 2 निरन्तर, अनवरत, अविराम, सतत, लगातार [~ chatter], सदा (एक-सा) रहने वाला, एक समान, परिवर्तनहीन, ~ attention निरन्तर या लगातार ध्यान; *n* (*math, phys*) स्थिराङ्क, नियताङ्क; ~ly *adv* निरन्तर, लगातार, सदा, बार-बार

constellation कोॅन्स्टलेशन *n* 1 एक कल्पित घेरे के अन्दर विद्यमान तारों का समूह, तारासमूह, नक्षत्रपुंज, 2 *fig* लोग जो समान उद्देश्य से आपस में मिल गये हों, मंडली, समवाय, (लोगों का) मेल, संयोग [a ~ of persons, interests, etc]

consternation कोॅन्स्टर्नेशन *n* भय और घबराहट, व्याकुलता, उद्वेग, आतंक

constipate कोॅन्स्टिपेट *vt* कोष्ठबद्ध करना, कब्ज़ करना

constipation कोॅन्स्टिपेशन *n* कोष्ठबद्धता, कब्ज़

constituency कोॅन्स्टिचुअन्सि *n* 1 निर्वाचन क्षेत्र, चुनाव-क्षेत्र, 2 निर्वाचक मण्डल, निर्वाचनक्षेत्र में रहने वाले सारे मतदाता (जो अपना प्रतिनिधि चुनते हैं), 3 गाहक-वर्ग; समर्थक वर्ग

constituent कोॅन्स्टिचुअन्ट *a* & *n* 1 अवयवभूत, अङ्गभूत, 2 अपने प्रतिनिधि का चुनाव करने वाला, निर्वाचक, मतदाता, 3 संविधान बनाने या संविधान के परिवर्तन का अधिकार रखने वाला, **constituent assembly** संविधान सभा; *n* 1 दूसरे को अपना प्रतिनिधि या एजंट नियुक्त करने वाला, 2 अवयव, अङ्ग, घटक, उपादान [the ~s of happiness], 3 निर्वाचक मण्डल का सदस्य, 4 गाहक

constitute कोॅन्स्टिट्यूट *vt* 1 नियुक्त करना, बनाना, to ~ s.o. arbitrator किसी को पंच या मध्यस्थ नियुक्त करना या बनाना, to ~ oneself a judge स्वयं जज बनना, 2 (कानून के अनुसार) स्थापित करना, स्थापना करना, गठित करना, गठन करना, बनाना, India has been ~d into a sovereign democratic republic भारत सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न लोकतन्त्रात्मक गणराज्य बन गया है; the ~d authority विधिसम्मत अधिकारी या अधिकारीवर्ग, 3 in *pass* स्वभाव होना, मानसिक या शारीरिक गठन होना, I am so ~d that I cannot entertain an illogical proposal मेरा स्वभाव ऐसा है कि मैं किसी तर्क-विरुद्ध प्रस्ताव पर विचार नहीं कर सकता, 4 अवयव या अवयवभूत होना, बनाना, What ~s my offence? मेरा अपराध किस बात में है? What ~s true happiness? सच्ची खुशी किस बात में है?

constitution कोॅन्स्टिट्यूशन *n* 1 रचना, बनावट, गठन, स्थापना, 2 (स्वास्थ्य की दृष्टि से) शारीरिक गठन, शरीर की बनावट, काठी, strong ~ मजबूत काठी, हृष्ट-पुष्ट शरीर, 3 मानसिक गठन, स्वभाव, 4 (देश का) संविधान [India has a written ~]

constitutional कॉन्स्टि-ट्यूश्नल *a* & *n* 1 शारीरिक (रचना संबंधी), स्वभाव संबंधी, 2 संवैधानिक, वैधानिक, संविधानसम्मत, वैध [~ govt, ruler, etc], 3 *n* (*colloq*) स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए प्रतिदिन की सैर, हवाखोरी, **to take, go for, one's** ~ सैर करना, वायुसेवन करना, हवाखोरी करना, हवाखोरी के लिए निकलना; **~ity** *n* (सं) वैधानिकता

constitutionalism *n* संवैधानिक शासन (पद्धति), संविधान का अनुसरण, संविधान मानना, संविधानवाद

constitutionalist *n* संविधानज्ञ; संविधान को मानने वाला, संवैधानिक शासन में आस्था रखने वाला, संविधानवादी

constitutionalize *vt* संविधानसम्मत बनाना

constitutive कॉन्स्टिट्यूटिव *a* 1 रचनात्मक, निर्माणात्मक, 2 आवश्यक, सारभूत, 3 अङ्गभूत, घटक

constrain *vt* कन्स्ट्रेन *vt* 1 बाध्य करना, विवश करना, मजबूर करना, लाचार करना, to ~ s.o. **to do sth** किसी को कोई काम करने पर मजबूर करना, to feel ~ed **to do** sth अपने आप को कोई काम करने के लिए बाध्य या मजबूर पाना या अनुभव करना, 2 (कोई काम) ज़बरदस्ती करवाना, 3 *lit* & *fig* ज़बरदस्ती रोक लेना या रोके रखना, कैद करना, कैद रखना, बन्द करना, बन्द रखना, बन्धन में रखना, (*pp*) **~ed** बाध्य, मजबूर, विवश, लाचार, in a ~ed manner विवश या लाचार होकर, अनिच्छापूर्वक, ~ed smile अस्वाभाविक या दिखावटी हँसी

constraint कन्स्ट्रेन्ट *n* 1 विवशता, मजबूरी, लाचारी, बाध्यता, **under** ~ विवश या मजबूर या लाचार होकर, 2 कैद, बन्धन, to put s.o. under ~ किसी को ज़बरदस्ती रोक लेना या रोक रखना, कैद कर लेना, बन्द रखना, बन्द करना, 3 अस्वाभाविकता, संङ्कोच, to speak without ~ बिना सङ्कोच के बातें करना, दिल खोल कर बातें करना

constrict कन्स्ट्रिक्ट *vt* सिकोड़ना, संकुचित करना, दबाना

constriction कन्स्ट्रिक्शन 1 *n* सिकुड़न, संकुचन, संकुचित होना, 2 संकुचित या तंग स्थान या भाग

constrictor कन्स्ट्रिक्टर *n* 1 शरीर के किसी अंग को सिकोड़ने वाली मांस-पेशी, संकोचिनी, 2 निपीड़ या जकड़ कर मारने वाला सांप [boa ~]

constringe कन्स्ट्रिन्ज *vt* सिकोड़ना, संकुचित करना, दबाना

construct कन्स्ट्रक्ट *vt* 1 *lit* & *fig* निर्माण करना, रचना करना, बनाना, तैयार करना, खड़ा करना, 2 *gram* (वाक्य की) रचना करना

construction कन्स्ट्रक्शन *n* 1 निर्माण [the factory is under ~]; रचना, बनावट, गठन, 2 इमारत, भवन, 3 अन्वय, शब्दान्वय, व्याकरण के अनुसार वाक्य में शब्दों का पारस्परिक संबंध, 4 अर्थ, मतलब, अभिप्राय, आशय to put a good (*or* bad) ~ **on** s.o.'s words, conduct, etc किसी के शब्दों (आचरण आदि) का अच्छा (या बुरा) अर्थ लगाना; to put a wrong ~ **on** sth किसी बात का गलत अर्थ लगाना या समझना, 5 **~ train** रेल्वे के निर्माण या मरम्मत के काम के लिए सामान ढोने वाली गाड़ी, निर्माण गाड़ी

constructional *a* निर्माण का, निर्माण-संबंधी, बनावट का, रचना का, रचना-संबंधी, ढांचे का

constructive कन्स्ट्रक्टिव *a* 1 निर्माण का, निर्माण-संबंधी, 2 रचनात्मक, निर्माणात्मक, सृजनात्मक, **constructive criticism** रचनात्मक आलोचना (जिसमें सुधार-विषयक सुझाव दिये गये हों), 3 अनुमान पर आधारित, अनुमानात्मक, स्पष्ट व्यक्त न किया हुआ, a ~ **denial** एक तरह का इन्कार, **~ treason** एक प्रकार का राजद्रोह; **~ly** *adv* 1 रचनात्मक ढंग से, 2 अनुमानतः मानो, एक प्रकार से, गोया कि

constructor *n* निर्माण करने वाला, निर्माता; इमारत बनाने वाला

construe कन्स्ट्रू *vt* & *i* 1 व्याकरण के अनुसार वाक्य में शब्दों का पारस्परिक संबंध होना या बताना, अन्वय करना, 2 वाक्य-विग्रह करना, वाक्य का विग्रह हो सकना, This sentence does not ~ इस वाक्य का विग्रह नहीं हो सकता, इस वाक्य की रचना ठीक नहीं है, 3 वाक्य का शब्दशः अनुवाद करना, 4 अर्थ लगाना, अर्थ करना, [to ~ s.o.'s words, actions], 4 व्याख्या करना, [to ~ Homer]

consubstantial कॉन्सब्स्टैन्शल *a* समान या उसी तत्व का बना हुआ, अभिन्नतत्त्वीय [the three persons of the Trinity are ~]; **~ity** *n* समानतत्त्वता, अभिन्नतत्त्वता

consubstantiation कॉन्सब्स्टैन्शियेशन *n* यह विश्वास कि ईसा के शरीर और रक्त में जो तत्त्व था वही तत्त्व यूकरिस्ट की रोटी और शराब में विद्यमान है

consuetude कॉन्स्विट्यूड *n* 1 प्रथा या रिवाज (जो कानून के समान ही मान्य हो), रूढ़ि, परम्परा, 2 मेल-जोल, संसर्ग ; **consuetudinary** *a* प्रथागत, रिवाजी, consuetudinary law प्रथा पर आधारित कानून, प्रथागत कानून

consul कॉन्सल *n* वाणिज्यदूत, कांसुल, **consular** कोन्स्युलर *a* वाणिज्यदूत का; **consulate** कॉन्स्युलट *n* वाणिज्यदूतावास, वाणिज्यदूत का कार्यालय; वाणिज्यदूत का पद

consult कन्सल्ट *vi* & *t* **1 to** ~ with s.o. किसी के साथ सलाह या सलाह-मशविरा करना, परामर्श करना, मन्त्रणा करना, to ~ together पारस्परिक विचार-विमर्श करना, *vt* to ~ **s.o.** किसी की सलाह या राय लेना या पूछना, to ~ a book

(जानकारी प्राप्त करने के लिए) पुस्तक को उलट-पलट के देखना, 2 (*formal*) to ~ s.o.'s feelings किसी की भावनाओं का ध्यान या लिहाज रखना, 3 **consulting physician** परामर्शदाता चिकित्सक या डाक्टर

consultant कन्सल्टन्ट *n* 1 परामर्श देने वाला, परामर्शदाता-चिकित्सक, 2 परामर्श लेने वाला, राय पूछने वाला (व्यक्ति)

consultation कन्सल्टेशन *n* 1 परामर्श, मशविरा, सलाह, 2 विचार-विमर्श, सलाह-मशविरा, मन्त्रणा, 3 सभा, सम्मेलन

consumable कन्स्यूम-बल *a* & *n* उपभोग्य, उपभोगार्थ, उपभोग से खतम हो जाने वाला; *n* (usu in *pl*) उपभोग्य पदार्थ

consume कन्स्यूम *vt* & *i* 1 उपभोग करना, खा-पी जाना, ख़तम करना, 2 खर्च करना, व्यय करना, खपाना, ज़ाया करना [to ~ time, effort], This is time-consuming work इस काम में बड़ा समय लगता है, 3 नष्ट करना, भस्मसात् करना, the town was ~d by fire नगर जल कर राख हो गया, 4 (*pp*) ~d **with** envy ईर्ष्या से दग्ध; *vi* **to ~ away** क्षीण होना, घुलना; **~dly** *adv* (*arch*) अत्यन्त, अत्यधिक

consumer कन्स्यूमर *n* उपभोक्ता, खपत करने वाला, **consumer goods** (लोगों के) आम इस्तेमाल की चीज़ें, उपभोग-वस्तुएं, उपभोग-सामग्री

consummate^{1} कन्समट *a* सिद्धहस्त, निष्णात, प्रवीण, कुशल, पक्का, पूर्ण, उत्कृष्ट; a ~ general कुशल सेनापति, a ~ liar झूठ बोलने में सिद्धहस्त, एकदम झूठा

consummate^{2} कॉन्समेट *vt* पूरा करना, निष्पन्न करना, (संभोग द्वारा) विवाह-संबंध को पक्का करना, संपन्न करना

consummation कॉन्समेशन *n* 1 निष्पत्ति, निष्पादन, पूर्ति, (अभीष्ट की) सिद्धि, (लक्ष्य की) प्राप्ति, (इच्छाओं की) पूर्ति, 2 ~ of art कला की पराकाष्ठा या चरमोत्कर्ष, ~ of happiness सुख की पराकाष्ठा या चरम सीमा

consumption कन्सम्प्शन *n* (see consume) 1 उपभोग, 2 उपभुक्त पदार्थ की मात्रा, खपत, लागत, व्यय, ख़र्च, 3 विनाश, अपव्यय, 4 क्षय (रोग), राजयक्ष्मा, तपेदिक

consumptive कन्सम्प्टिव *a* & *n* 1 विनाशकारी, क्षीण करने वाला, 2 क्षयी, क्षय रोग से ग्रस्त, 3 *n* क्षयरोगी

contact^{1} कॉन्टैक्ट *n* 1 स्पर्श, सम्पर्क, संसर्ग, मेल-जोल, **to be in ~ with** sth, s.o. किसी वस्तु को छूना, किसी व्यक्ति के सम्पर्क में होना, किसी से मेल-जोल रखना; **to come into ~ with** s.o. किसी के सम्पर्क में आना, किसी से परिचय होना, **to make ~ with** s.o. संपर्क स्थापित करना, (व्यक्ति से) मिल पाना, 2 (*med*) immediate ~ सीधा सम्पर्क, 3 **contact lenses** आँख की पुतली को छूने वाले शीशे, स्पर्शी शीशे; **contact man** सरकारी विभाग और जनता के बीच संपर्क स्थापित करने वाला व्यक्ति, सम्पर्क-माध्यम

contact^{2} *vt* 1 छूना, स्पर्श करना, 2 संपर्क स्थापित करना, मिलना

contagion कन्टेजन *n* 1 रोग का (एक व्यक्ति से दूसरे में) संक्रमण, छूत, संसर्ग, 2 संक्रामक रोग छूत की बीमारी, 3 अनाचार, आचार-हीनता, भ्रष्टाचार, 4 *fig* (विचारों, अफ़वाहों आदि का) फैलना, लहर

contagious कन्टेजस *a* 1 रोग को (स्पर्श द्वारा दूसरों में) फैलाने वाला, 2 संक्रामक, (छूत से) फैलने वाला, छूत का, 3 *fig* संसर्ग से दूसरों को प्रभावित करने वाला, संक्रमणशील, His laughter is ~ उसे हँसता देख कर दूसरे भी हंसने लग जाते हैं

contain कन्टेन *vt* 1 (अपने अन्दर) रखना, धारण करना, शामिल करना, समाविष्ट करना, in *pass* अन्दर होना, अन्तर्गत होना [to be ~ed within a space], 2 के बराबर होना [A pound ~s 16 ounces], 3 संयम करना, रोकना, दबाना, काबू पाना, पी जाना; He could not ~ himself for joy वह खुशी के मारे फूला न समाया, Contain your anger गुस्सा पी जाओ, 4 (रोग को) फैलने से रोकना, 5 *mil* (शत्रु सेना को) रोके रखना, हिलने न देना, आगे न बढ़ने देना

container कन्टेनर *n* जिसमें कोई चीज़ रखी जाये, डिब्बा, पेटी, बरतन, पात्र

containment *n* 1 समावेश, समाई, 2 संयम, दमन, 3 शत्रु राष्ट्र के इलाके के विस्तार या विचार-धारा के प्रसार को रोकने की नीति

contaminate कन्टैमिनेट *vt* 1 कलुषित करना, प्रदूषित या गन्दा या मैला करना, बिगाड़ना, 2 रोग के कीटाणुओं से युक्त करना, संदूषित करना; **contaminant** *a* संदूषक; **contamination** *n* 1 प्रदूषण, 2 संदूषण, 3 गन्दगी, गन्दा करने वाली चीज़

contango कन्टैन्गो *n* शेयरक्रेता द्वारा शेयर अपने नाम चढ़वाने में विलम्ब करने के कारण दी जाने वाली रकम; स्थगन शुल्क

contemn कन्टॅम *vt* (*liter*) घृणा करना, तुच्छ या घटिया या निकम्मा समझना, उपेक्षा या अवज्ञा या अनादर करना

contemplate कॉन्टम्प्लेट *vt* & *i* 1 टकटकी लगाकर या बांधकर देखना, निर्निमेष दृष्टि से देखना, बड़े ध्यान से देखना [I was ~ing the scene], 2 सोचना, विचारना, सिंहावलोकन करना, आंखों के आगे फिर जाना, 3 इरादा करना, ख्याल करना, की बात सोचना, to ~ sth, to ~ doing sth किसी बात का इरादा करना, he was contemplating suicide, murder वह आत्महत्या, हत्या, की बात सोच रहा था; no changes are ~d कोई परिवर्तन करने का इरादा (या विचार) नहीं है, 4 आशा करना,

प्रत्याशा करना, I don't ~ any difficulty मेरा ख्याल नहीं है कि कोई कठिनाई होगी, **5** *vi* मनन करना, ध्यान लगाना, समाधि लगाना, समाधिस्थ होना

contemplation कोॅन्टम्प्लेशन *n* **1** मनन, चिन्तन, ध्यान, **2** ख्याल, विचार, इरादा, to have sth in ~ किसी बात का इरादा रखना, **3** प्रतीक्षा, इन्तज़ार, आशा

contemplative कन्टेॅम्प्ल-टिव *a* **1** ध्यानमग्न, विचारमग्न, समाधिस्थ, **2** विचारशील, चिन्तनशील, **3** चिन्तन करने का, ज्ञान-ध्यान का, ~ life ज्ञान-ध्यान का जीवन

contemporaneity, contemporaneousness कन्टेॅम्पर-नीइटि,-रेनियस्नस *nn* (see foll); समकालीनता

contemporaneous कन्टेॅम्परेनियस *a* **1** [**with**] समकालीन; समसामयिक, **2** समान युग का, उसी युग का [~ events], **3** समान काल या अवधि तक रहने वाला, समकालिक; **~ly** *adv* [**with**] उसी समय, उसी युग में, एक ही युग में

contemporary कन्टेॅम्प-ररि *a* & *n* **1** समकालीन (व्यक्ति) [Nehru was ~ **with** Churchill; they were contemporaries], **2** समवयस्क (व्यक्ति), एक ही उम्र का (आदमी), **3** आधुनिक [~ poetry], **4** एक ही युग या ज़माने का (समाचारपत्र), समकालीन (समाचारपत्र)

contemporize कन्टेॅम्प-राइज़ *vt* समकालिक बनाना, ऐसा प्रबन्ध करना कि दो घटनाएं एक ही समय या एक ही अवधि में हों

contempt कन्टेॅम्प्ट *n* **1** घृणा, नफ़रत, to hold s.o. in ~ किसी से घृणा करना, अत्यन्त तुच्छ समझना, **2** अवज्ञा, अवमान आज्ञा का उल्लंघन, **contempt of court** अदालत या न्यायालय की अवज्ञा, न्यायालय की आज्ञा का उल्लंघन; **~ible** *a* घृणित, कुत्सित, जघन्य

contemptuous कन्टेॅम्प्चुअस *a* **1** घृणापूर्ण, घृणासूचक, तिरस्कारपूर्ण, तिरस्कारसूचक, **2** घृणा या तिरस्कार करने वाला, अपमान करने वाला, उद्दण्ड, उद्धत, गुस्ताख़; **~ly** *adv* घृणापूर्वक, तिरस्कारपूर्वक

contend कन्टेॅन्ड *vi* & *t* **1** होड़ करना, संघर्ष करना, होड़ या संघर्ष होना, झगड़ना, लड़ना, मुकाबला करना, विरोध करना, (चुनाव में) उम्मीदवार होना, to ~ **with s.o. for sth**, **2** किसी चीज़ (पारितोषिक आदि) के लिए किसी के साथ मुकाबला या प्रतियोगिता करना; to have a powerful enemy to ~ **with** शक्तिशाली शत्रु से मुकाबला होना, **3** तर्क करना, बहस या वाद-विवाद करना, **4** *vt* **to contend that...** (विरोध में) आग्रहपूर्वक कहना, मत प्रकट करना, विचार प्रस्तुत करना, दावा करना

contender *n* प्रतियोगी, मुकाबला करने वाला, (चुनाव में) उम्मीदवार [a ~ for the office of President]

content^{1} कन्टेॅन्ट *n* **1** (पात्र की) गुंजाइश, समाई, **2** (*pl*) contents of a vessel पात्र में जो कुछ हो, पात्र में रखी वस्तु या वस्तुएं, **3** ~s of a letter, book पत्र, पुस्तक में जो कुछ लिखा हो, विषय-वस्तु, (**table of**) ~s विषय-सूची

content^{2} *n* सन्तोष, तृप्ति, **to one's heart's** ~ जी भर कर

content^{3} *a* सन्तुष्ट, राज़ी, खुश, to be ~ **to do** sth कोई काम करने को (जैसे-तैसे) राज़ी हो जाना, कोई काम कर के संतोष कर लेना, I am ~ to live at home मैं घर पर रहने में ही संतुष्ट हूं, to be ~ **with** sth किसी चीज़ से सन्तुष्ट होना

content^{4} *vt* **1** संतुष्ट करना, **to** ~ **oneself with (doing) sth** किसी चीज़ से (या कोई काम कर के) संतोष कर लेना (अर्थात् उससे अधिक की चाह न रखना); **contented** कन्टेॅन्टिड *a* सन्तुष्ट [**~ed with**]; राज़ी, तैयार [**~ed to do sth**]; **~ly** *adv* सन्तोष से, सन्तुष्ट भाव से, बिना शिकवा-शिकायत के; **contentment** *n* सन्तोष

contention कन्टेॅन्शन *n* (f. contend) **1** झगड़ा, विवाद, बहस, तकरार, हुज्जत, **2** स्पर्धा, होड़, संघर्ष, **bone of contention** (see bone), **3** बहस में अपना पक्ष या मत या विचार या दलील या युक्ति, my ~ is that... मेरा मत यह है कि...मैं कहता हूं कि...

contentious कन्टेॅन्शस *a* **1** झगड़ालू, विवादप्रिय, कलह-प्रिय, **2** (of issue) विवादास्पद, विवादग्रस्त [a ~ clause in a treaty etc]

conterminous कन्टर्मिनस *a* **1** जिसकी सीमा दूसरी वस्तु से मिलती हो, (of two thgs) जो सीमा पर परस्पर मिलते हों, **2** समान विस्तार वाला, समदेशव्यापी, समान अवधि तक रहने वाला, समानार्थक

contest^{1} कोॅन्टेॅस्ट *n* **1** बहस, वाद-विवाद, **2** झगड़ा, लड़ाई, **3** प्रतियोगिता, मुकाबला, close ~ बराबर का मुकाबला, बराबर की टक्कर या चोट

contest^{2} कन्टेॅस्ट *vt* & *i* **1** बहस करना, विवाद करना, to ~ a statement, fact, point किसी कथन, तथ्य, को मानने से इन्कार करना, **2** युद्ध करना, मुकाबला करना, **3** to ~ a seat in Parliament संसद् की जगह के लिए मुकाबला करना, उम्मीदवार (खड़ा) होना, चुनाव लड़ना, **4** प्रतियोगिता में भाग लेना; **~able** *a* विवादग्रस्त (विषय आदि); सन्देहास्पद

contestant कन्टेॅस्टन्ट *n* **1** विवाद करने वाला, **2** झगड़ा करने वाला, मुकाबला करने वाला, प्रतियोगिता में भाग लेने वाला, प्रतियोगी, प्रतिद्वन्द्वी

contestation कोॅन्टेॅस्टेशन *n* **1** विवाद, बहस, तकरार, **2** विवाद में अपना मत या विचार या दलील या कथन

context कॉन्टेॅक्स्ट *n* किसी परिच्छेद के पहले और बाद में आने वाले कुछ वाक्य जो उस परिच्छेद का अभिप्राय समझने में सहायक होते हैं, पूर्वापर संबंध, प्रकरण, प्रसंग, सन्दर्भ, **in this context** इस संबंध या प्रसंग या प्रकरण में

contiguity कॉन्टि-ग्यूइटि *n* संलग्नता, छूता हुआ या सटा हुआ होना, सान्निध्य, संपर्क, **in ~** =contiguous

contiguous कन्-टिग्युअस *a* छूता हुआ, मिला या लगा या सटा हुआ, संलग्न, सन्निहित, संसक्त [~ to]

continence कॉन्टिनन्स *n* 1 संयम, आत्मसंयम, इन्द्रियनिग्रह, जितेन्द्रीयता, 2 ब्रह्मचर्य, सतीत्व, पवित्रता

continent^{1} कॉन्टिनन्ट *a* संयमी, जितेन्द्रिय, ब्रह्मचारी

continent^{2} *n* **1** महाद्वीप, **2 the C~** यूरोप

continental *a* & *n* **1** महाद्वीप का, महाद्वीपीय, **~ shelf** (see shelf), **2** यूरोप का, यूरोपीय; *n* यूरोप का निवासी, यूरोपियन

contingency कन्-टिन्जन्सि *n* **1** (घटना के) घटित होने की अनिश्चितता, आकस्मिकता, **2** आकस्मिक घटना, **3** (भावी) संभाव्य घटना, संभावना, **4** किसी अनिश्चित घटना पर आश्रित (दूसरी) घटना, किसी घटना के साथ होने वाली घटना, प्रासंगिक घटना [a result that depends on contingencies], **5** आकस्मिक या अप्रत्याशित घटना, should a ~ arise; in case of a ~ यदि कोई अप्रत्याशित बात (या घटना) हो, **6 contingencies** आकस्मिक या अप्रत्याशित व्यय; **~ fund** आकस्मिकता निधि

contingent^{1} कन्टिन्जन्ट *a* **1** जिसका होना निश्चित न हो, अनिश्चित, **2** आकस्मिक, सांयोगिक, प्रासंगिक; **~ expenses ~ expenditure** प्रासंगिक व्यय, फुटकर खर्च, **3** जिसका होना किसी अन्य बात या घटना पर आश्रित हो, (of event) to be **~ on** sth किसी बात पर निर्भर करना या आश्रित होना

contingent^{2} *n* **1** (बड़ी सेना का) सहायक सैन्यदल, सहायक टुकड़ी, **2** (सम्मेलन आदि में शामिल होने वाला) दल, मंडली, जत्था, टुकड़ी

continual कन्टिन्युअल *a* (cf continuous) सदा परन्तु रह-रह कर होने वाला, बार-बार होने वाला, व्यवधान होने पर भी सदा होने वाला [~ rain], (*loosely*) नित्य, सतत, लगातार; **~ly** लगातार, बार-बार

continuance कन्टिन्युअन्स *n* (cf. continuation, continuity) **1** जारी रहना, चालू रहना, बना रहना, your ~ in office is not desirable आपका इस पद पर बना रहना वांछनीय नहीं है, **2** अवधि, मुद्दत, अर्सा, this is a complaint of long ~ यह शिकायत बड़ी देर से चली आ रही है

continuation कन्टिन्युएशन *n* **1** जारी रहना, चालू रहना, बना रहना, your continuation (or continuance) in office is not desirable (see prec), **2** (किसी कार्यवाही, बातचीत, कहानी, पुस्तक आदि के क्रम का) पुनरारम्भ, फिर से शुरू करना, आगे चलाना [~ of talks after a long break], सिलसिला, क्रम, आगे का अंश या भाग [a ~ of the story], **4** हिसाब-किताब को पिछले पृष्ठ से अगले पृष्ठ पर ले जाना, आगे का हिसाब-किताब

continuative कन्टिन्यूअ-टिव *a* जारी रखने या रहने वाला, सतत, अनवरत

continue कन्टिन्यू *vt* & *i* **1** जारी रखना या रहना, चालू रखना या रहना, बनाये रखना, बना रहना, करते रहना, होता रहना, **to ~ doing, to do, sth** कोई काम करते रहना, if you ~(to be) obstinate अगर तुम अपनी ज़िद्द पर अड़े रहे, **to ~ in office** पद पर आरूढ़ या बना रहना, to ~ s.o. in office किसी को पद पर बनाये रखना, **2** (रुकने के बाद) फिर शुरू करना, आगे चलना, **to ~ the talks** बातचीत को आगे चलाना, the talks will be ~d today आज आगे बातचीत होगी

continuity कॉन्टि-न्यूइटि *n* **1** अविच्छिन्नता, अनवच्छिन्नता, अखंडता, निरन्तरता, नैरन्तर्य, सातत्य, सान्तत्य, **2** क्रम, सिलसिला, to break the ~ of s.o.'s idea किसी के विचार-क्रम को भंग करना

continuous कन्टिन्युअस *a* बिना रुकावट या व्यवधान या विराम या अन्तराल के, अविच्छिन्न, अनवच्छिन्न, अखंड, निरन्तर, सतत, सन्तत, अविरत, अनवरत, अविराम, लगातार; **~ly** *adv* लगातार, बराबर, निरन्तर, अविराम

continuum कन्टिन्युअम *n* (*philos*) अविच्छिन्न क्रम, अविच्छिन्न वितान, अविच्छिन्न अनुभूति, (देश या काल या अनुभूति की) अविच्छिन्नता, सातत्यक, **space-time continuum** देश-काल की अविच्छिन्नता, अविच्छिन्न देश-काल, देशकाल-सातत्यक

contort कन्टॉर्ट *vt* टेढ़ा-मेढ़ा करना, बल या शिकन डालना, आकार को विकृत करना, रूप बिगाड़ना, (मुंह) चिढ़ाना या बिचकाना

contortion कन्टॉर्शन *n* ऐंठन, बल, शिकन, मरोड़, टेढ़ापन, भंगिमा, विकृत (मुख-)मुद्रा; **~ist** *n* शरीर को मरोड़ लेने वाला कलाबाज़

contour कॉन्टुअर *n* & *vt* **1** (किसी आकृति या पिंड की) बाह्य रेखा, परिरेखा, **2** समुद्रतट या पर्वत-शृंखला के साथ-साथ जाने वाली रेखा, तटरेखा, **3** किसी सतह पर समान ऊंचाई के बिन्दुओं को मिलाने से बनने वाली रेखा, धरातल की ऊंचाई-निचाई दिखाने वाली रेखा, समोच्चरेखा, **4 ~ map** ऐसा मानचित्र जिसमें धरातल की ऊंचाई-निचाई (समोच्च-रेखाओं द्वारा) दिखाई गई हो, समोच्च मानचित्र; उच्चावच मानचित्र **~-bunding** सीमारेखाबन्दी,

कन्टूरबन्दी; ~ **ploughing** समोच्चरेखी जुताई, *vt* **1** समोच्चरेखाओं से अंकित करना, **2** पर्वत के साथ-साथ मुड़ने वाली (सड़क) बनाना

contra^{1} कॉन्ट्र: *prep* & *n* **1** के विरुद्ध या के विपक्ष में (दी गई दलील), **pro & contra** (usu **con**) पक्ष और विपक्ष में, **2** *n* **pros & cons** पक्ष और विपक्ष की दलीलें

contra-^{2} *pref* विरुद्ध, प्रतिकूल

contraband कॉन्ट्र-बैन्ड *n* & *a* निषिद्ध व्यापार, तस्कर व्यापार, (माल का) चोरी से लाना या ले जाना, वर्जित माल, चोरी-छिपे लाया गया माल, तस्करी का माल, ~ **of war** ऐसा माल जिसे युद्धकाल में तटस्थ देशों से युद्धरत देशों में भेजने की मनाही हो, युद्ध वर्जित माल, निषिद्ध माल; *a* निषिद्ध, वर्जित, जिसके आयात-निर्यात की मनाही हो, ~ **goods** निषिद्ध या वर्जित माल

contraception 1 कॉन्ट्र-सेॅप्शन *n* गर्भनिरोध, **contraceptive** *a* & *n* गर्भनिरोधक

contract^{1} कॉन्ट्रैक्ट *n* **1** इकरार, करार, ठहराव, संविदा, अनुबंध, **2** ठीका, ठेका, **3** पट्टा, **4** विवाह का इकरार या वादा या वचन, वाग्दान, **5** कोई काम करने का वचन, कोई काम न करने की प्रतिज्ञा, **6** संविदा-पत्र, अनुबन्ध-पत्र, ठीकापत्र, इकरारनामा, लिखत-पढ़त, **7 breach of** ~ संविदा-भङ्ग, वचन-भङ्ग, **to enter into a** ~ **with s.o.** किसी के साथ ठीका करना, ~ **labour** गिरमिटिया मजदूर, ठेके पर काम करने वाले मज़दूर

contract^{2} कन्ट्रैक्ट *vt* & *i* **1** ठेका करना, ठेका लेना, to ~ **to do, for doing, for,** a piece of work किसी काम का ठेका कर लेना, **2** ठहराना, बात ठहराना, लिखत-पढ़त करना, इकरार करना या लिखना, पट्टा लिखना, **contracting party** इकरार करने वाला, ठेका करने वाला; संविदाकारी व्यक्ति, **3 to** ~ **marriage** विवाह करना, to ~ friendship दोस्ती करना, दोस्ती हो जाना, I ~ed friendship **with** him मेरी उससे दोस्ती हो गई; to ~ a habit आदत पड़ जाना, to ~ a disease बीमारी लग जाना, **to** ~ **a debt** ऋणग्रस्त हो जाना, **4** सिकोड़ना, सिकुड़ना [**to** ~ the muscles, brows, etc], **5** छोटा करना या होना, **6** सीमित करना या होना

contractile कन्ट्रैक्टाइल *a* सिकोड़ने वाला, सिकुड़ने वाला, संकुचित करने वाला, संकुचित होने वाला, आकोचनशील, संकुंचनशील

contraction कन्ट्रैक्शन *n* **1** सिकोड़ना, सिकुड़ना, आकुंचन, सिकुड़न, **2** छोटा करना या होना, छोटा या लघु या संक्षिप्त रूप, शब्द को छोटा करना, शब्द का संक्षिप्त रूप, **3** ~ of a habit, disease, debt आदत पड़ना, रोग लगना, उधार चढ़ना

contractive कन्ट्रैक्टिव *a* सिकोड़ने वाला

contractor कन्ट्रैक्टर *n* **1** ठेकेदार, संविदाकार, **2** सिकोड़नेवाली मांसपेशी

contractual कन्ट्रैक्चुअल *a* **1** ठेके या करार या संविदा का, **2** संविदात्मक, करार पर आधारित

contradict कॉन्ट्र-डिक्ट *vt* **1** to ~ (a person, statement, rumour) (किसी व्यक्ति, बयान, अफ़वाह को) झूठा या गलत बताना, मानने से इन्कार करना, खंडन करना, प्रतिवाद करना, **2** काटना, विरुद्ध या विरोधी या प्रतिकूल होना, असंगत होना [these rumours ~ each other]

contradiction कॅन्ट्र-डिक्शन *n* **1** खंडन, प्रतिवाद, इन्कार, अस्वीकृति, **2** विरोध, असंगति, **contradiction in terms** स्वविरोधी कथन, वचन-विरोध *e.g.* ‘almost quite ready’ is a contradiction in terms’ लगभग बिल्कुल तैयार स्वविरोधी कथन है

contradictious कॉन्ट्रडिक्शस *a* **1** खंडन करने वाला, खंडनात्मक, **2** मानने से इनकार करने वाला, अस्वीकारात्मक, सन्देह करने वाला, सन्देहात्मक

contradictory कॉन्ट्र-डिक्टरि *a* **1** विरोधी, परस्पर-विरोधी, असंगत, मेल न खाने वाला, **2** खंडन करने वाला, खंडनात्मक

contradistinction -डिस्टिङ्क्शन *n* **1** (पदार्थों की परस्पर तुलना से स्पष्ट होने वाला) अन्तर, फ़र्क, भेद, भिन्नता, **2** असमानता, **in** ~ **to** की तुलना में, के मुकाबले में [plants and animals in ~ to man]

contradistinguish -डिस्टिङ्ग्विश *vt* (पदार्थों की परस्पर तुलना करके उनका) अन्तर स्पष्ट करना, फ़र्क दिखाना [to ~ sth **from** sth, to ~ two things]

contraposition -पज़िशन *n* **1** तुलना, मुकाबला, **2** *log* तर्क शास्त्र में वाक्यपरिवर्तन का एक प्रकार, प्रतिपरिवर्तन, (*e.g.* if all A is B, then by ~ all not-B is not-A)

contraption कन्ट्रप्शन *n* (*colloq*) (काम चलाऊ) यन्त्र या मशीन

contrariety कॉन्ट्रायटि *n* **1** (स्वभाव, गुण, मत आदि की) प्रतिकूलता, विरोध, उल्टापन, वैपरीत्य, **2** असंगति, फ़र्क, भेद, भिन्नता

contrariwise कन्ट्रॅअरि-वाइज़ *adv* **1** दूसरी ओर, इसके विपरीत या प्रतिकूल, **2** विरोध की भावना से, हठपूर्वक

contrary कॉन्ट्रारि *a, n, adv* **1** (स्वभाव, प्रकृति, प्रवृत्ति, आदि के) प्रतिकूल, विपरीत, विरुद्ध, this is ~ **to my nature** यह मेरे स्वभाव के प्रतिकूल है, **2** (दिशा में) प्रतिकूल, उल्टा, in a ~ direction प्रतिकूल दिशा में, ~ winds विपरीत या प्रतिकूल दिशा में बहने वाली हवायें, **3** (कन्ट्रॅअरि) हठी, ज़िद्दी, दुराग्रही; *n* उलट, उल्टी बात, by contraries आशा के प्रतिकूल [many things in our lives go by contraries], **on the contrary** दूसरी ओर, इसके प्रतिकूल या विपरीत, प्रत्युत, बल्कि [Have you nearly done ?—On the ~, I have only just begun]; **to the**

contrary विपक्ष में, विरोध में, विरुद्ध, प्रतिकूल, there is no evidence to the ~ इसके विरुद्ध कोई प्रमाण नहीं है; I have nothing to say to the ~ मुझे इसके विरुद्ध कुछ नहीं कहना है; *adv* he acted ~ to public opinion उसने जनमत के विरुद्ध काम किया

contrast^1 कन्ट्रास्ट *vt & i* 1 दो पदार्थों को पास-पास रखना जिससे कि उनका अन्तर स्पष्ट हो जाये, 2 तुलना करना, मुकाबला करना, अन्तर बताना, फ़र्क दिखाना, 3 *vi* to ~ **with** से भिन्न होना, to ~ strongly बिल्कुल भिन्न होना, to ~ well **with** मुकाबले पर जंचना

contrast^2 कॉन्ट्रास्ट *n* 1 अन्तर, फ़र्क, भेद, भिन्नता, असमानता, विषमता, वैषम्य, ~ **between** two things etc. दो वस्तुओं आदि का अन्तर, 2 तुलना, मुकाबला, **in** ~ **with** sth किसी की तुलना में, to stand out **in** sharp ~ to *or* with sth किसी से एकदम भिन्न लगना या होना, अलग दिखाई देना

contravene कॉन्ट्र-वीन *vt* 1 (कानून, नियम का) उल्लंघन करना, भंग करना, 2 (बयान का) खंडन करना, प्रतिवाद करना, न मानना, आपत्ति करना [to ~ a statement], 3 विरुद्ध या प्रतिकूल होना

contravention कॉन्ट्र-वेंन्शन *n* उल्लंघन [~ of a law, rule, etc], **in** ~ **of** a rule नियम के विरुद्ध

contretemps F कॉन्ट्र-टाँ *n* **आकस्मिक** आपत्ति, अड़चन, बाधा, कठिनाई, मुसीबत

contribute कन्-ट्रिब्यूट *vt & i* 1 (to a fund, for a purpose) चन्दा देना, दान देना, 2 हिस्सा देना, अंशदान करना, शामिल होना, हिस्सा लेना, to ~ one's share अपना हिस्सा अदा करना, 3 (किसी परिणाम की प्राप्ति में) सहायक होना, सहायता करना, मदद करना, योग देना, योगदान करना, to ~ **to** the success सफल बनाने में योग देना, सफलता में सहायक होना, 4 to ~ (an article etc.) **to** a newspaper समाचार पत्र के लिए लेख आदि लिखना

contribution . कॉन्ट्रि-ब्यूशन *n* 1 चन्दा, दान, 2 भाग, हिस्सा, अंशदान, 3 योग, योगदान, सहायता, मदद, 4 (समाचार पत्र आदि के लिये) लेख, 5 (युद्ध क्षेत्र में सेना का खर्च चलाने के लिए लगाया गया) टैक्स, **to lay under** ~ टैक्स लगाना; the whole country has been laid under ~ सारे देश पर टैक्स लगाया गया है

contributor कन्-ट्रिब्यूटर *n* 1 चन्दा देने वाला, 2 अंशदाता, 3 (पत्र-पत्रिका के लिए) लेख लिखने वाला

contributory कन्-ट्रिब्युटरि *a* 1 योगदान करने वाला, सहायक, अंशदायी; ~ pension अंशदायी पेंशन, ~ **provident fund** अंशदायी भविष्य निधि (जिसमें मालिक और मजदूर दोनों अंश देते हैं), ~ **negligence** (दुर्घटना की) आंशिक निमित्तभूत लापरवाही, व्यक्ति की लापरवाही जो उसके दुर्घटनाग्रस्त होने में आंशिक निमित्त हो, योगदायी गफ़लत

contrite कॉन्ट्राइट *a* जिसे पश्चात्ताप हो रहा हो, पश्चात्ताप करने वाला, पश्चात्तापी, अनुतप्त, (of actions) पश्चात्ताप की भावना से किया गया, प्रायश्चित्त के रूप में किया गया, प्रायश्चित्तात्मक

contrition कन्ट्रिशन *n* पश्चात्ताप, पछतावा, अनुताप

contrivance कन्-ट्राइवन्स *n* 1 आविष्कार, आविष्कृति, 2 यन्त्र, 3 युक्ति, तदबीर, तरकीब, उपाय, 4 छल, कपट, कूटयुक्ति, बहाना

contrive कन्ट्राइव *vt* 1 आविष्कार करना, 2 युक्ति निकालना, सोच निकालना, 3 उपाय करना, तरकीब करना या निकालना, कर दिखाना, to ~ to do sth किसी काम की तरकीब निकालना, कोई काम कर दिखाना, 4 to ~ sth कोई चीज (युक्ति से) बना लेना, 5 कारण होना (अनिष्ट का भी); ~d to make matters worse मामले को और बिगाड़ने का कारण बना, (उससे) मामला और बिगड़ गया, 6 *abs* गृहस्थी का प्रबन्ध करना या खर्च चलाना [She is finding it difficult to ~]

control^1 कन्ट्रोल *n* 1 प्रभुत्व, पूर्ण अधिकार, संचालन अधिकार, **to have** ~ **of** an undertaking किसी व्यवसाय का कर्त्ता-धर्ता या अधिष्ठाता, या सर्वे-सर्वा होना, 2 संयम, आत्मसंयम, निग्रह, **to lose** ~ **of oneself** आपे से बाहर हो जाना आपे में न रहना, 3 नियन्त्रण, अंकुश, नियमन, काबू, रोकथाम, वश, बस, **to get out of** ~ काबू से बाहर हो जाना; circumstances beyond our ~ परिस्थितियाँ जिन पर हमारा काबू नहीं (है, था), under ~ वश में, काबू में, 4 *techn* नियन्त्रण रखने वाला यन्त्र, नियन्त्रक, **volume** ~ ध्वनि-नियन्त्रक, **remote control** दूरस्थ नियन्त्रण या नियन्त्रक, सुदूर नियन्त्रण, आकाश में राकेट आदि का धरती-स्थित यन्त्रों से संचालन, 5 ~ **room** नियन्त्रण-कक्ष: ~ **tower** हवाई अड्डे की मीनार जहां से विमान-यातायात का नियन्त्रण किया जाता है, नियन्त्रण-मीनार .

control^2 *vt* 1 कर्त्ता-धर्ता होना, सर्वे-सर्वा होना, अधिष्ठाता या निर्देशक होना, 2 संयम करना, काबू में लाना या रखना, वश में करना या रखना, to ~ oneself आत्मसंयम करना, अपने पर काबू रखना, आपे में रहना; to ~ one's anger गुस्सा पी जाना; to ~ one's laughter हंसी रोकना, 3 नियन्त्रण करना, रोक-थाम करना [to ~ an epidemic]; नियत करना, नियमित करना, बढ़ने न देना [to ~ prices]

controllable *a* 1 जिस पर काबू रखा जा सके, जिसे काबू में रखा जा सके, वश्य, 2 जिसे रोका या दबाया जा सके, 3 (यन्त्र आदि) जिस का संचालन किया जा सके, जिसे ठीक ढंग से चलाया जा सके

नियन्त्रणीय

controller कन्ट्रोलर *n* 1 नियन्त्रण रखने वाला, नियन्त्रक, 2 (oft spelt comptroller) लेखा-नियन्त्रक, आय-व्यय निरीक्षक

controversial कॉन्ट्-वर्शल *a* 1 विवादस्पद, विवादग्रस्त, 2 विवाद-संबंधी, विवाद का, 3 (of person) विवादशील, विवाद करने वाला, जिसकी प्रवृत्ति विवाद करने की हो, झगड़ालू; **~ist** *n* विवादप्रिय व्यक्ति

controversy कॉन्ट्-वर्सि *n* विवाद, वाद-विवाद, बहस, मतभेद, झगड़ा, **beyond ~** निर्विवाद, निस्सन्देह

controvert कॉन्ट्-वर्ट *vt* 1 वाद-विवाद करना, बहस करना, 2 किसी बात की सत्यता पर सन्देह करना, न मानना, मानने से इन्कार करना, खंडन करना; **~ible** *a* जिसकी सत्यता पर सन्देह किया जा सके, विवादग्रस्त

contumacious कॉन्ट्युमेशस *a* कहना न मानने वाला, आज्ञा का उल्लंघन करने वाला, (वि० अदालत का) हुक्म न मानने वाला, अवज्ञाकारी, अनाज्ञाकारी, हठी, ज़िद्दी, दुराग्रही, उद्दण्ड, उद्धत; **~ness**, **contumacy** कॉन्ट्यूमसि *nn* अवज्ञाकारिता, दुराग्रह, उद्दण्डता, औद्धत्य

contumelious कॉन्ट्युमीलिअस *a* 1 भर्त्सनापूर्ण, डांट-फटकार का, गाली-गलौज का, 2 अपमानसूचक, तिरस्कारपूर्ण, निन्दात्मक, 3 भर्त्सना करने वाला, अपमान करने वाला, उद्धत, गुस्ताख़, बदतमीज़, 4 औद्धत्यपूर्ण, गुस्ताख़ी का, बदतमीज़ी का

contumely कॉन्ट्यूमलि *n* 1 भर्त्सना, डांट-फटकार, झिड़की, गाली-गलौज, 2 औद्धत्य, गुस्ताख़ी, बदतमीज़ी, 3 अपमान, तिरस्कार, निन्दा, बदनामी

contuse कन्ट्यूज़ *vt* चोट लगाना (जिससे त्वचा फटे नहीं पर नीली पड़ जाये), गुम चोट लगाना, पीटना

contusion कनट्यूश्ज़न *n* गुम चोट, नील; नील पड़ना, कूटना

conundrum कनन्ड्रम *n* 1 पहेली, बुझारत, 2 समस्या, कठिन प्रश्न

convalesce कॉन्-वलॅस *vi* (रोगमुक्त होने के बाद) स्वास्थ्य लाभ करना [he is convalescing at Simla]; **~nce** कॉन्-वलॅसन्स *n* स्वास्थ्यलाभ

convalescent कॉन्-वलॅसन्ट *a* जो स्वास्थ्यलाभ कर रहा हो, जो बीमारी से उठा हो, **~ home** *or* **hospital** स्वास्थ्य लाभ करने (वालों) के लिए अस्पताल, उल्लाघ सदन

convection कन्वॅक्शन *n* गरम हुए या विद्युत्-युक्त कणों की गति से गरमी या विद्युत् का एक स्थान से दूसरे स्थान में पहुंचना, संवहन

convenable कन्वीन-बल *a* जिसे बुलाया जा सके, (of meeting) संयोजनीय

convene कन्वीन *vt* & *i* 1 इकट्ठा करना या होना, एकत्र करना या होना, 2 सभा बुलाना, (विधान) सभा का अधिवेशन बुलाना, अधिवेशन होना, the Assembly convened विधान सभा का अधिवेशन हुआ, 3 (व्यक्ति को अदालत में) बुलाना, (न्यायालय में) उपस्थित होने का आदेश देना; **convener** कन्वीनर *n* संयोजक

convenience कन्वीनियन्स *n* 1 सुविधा, सुभीता, आसानी, सहूलियत, आराम, at your ~ आपकी अपनी सुविधा के अनुसार, जैसे या जब आप को सुविधा हो, 2 भौतिक लाभ या सुख-सुविधा, **marriage of ~** (गृहस्थ धर्म के पालन या सन्तानोत्पत्ति के विचार से नहीं बल्कि) दम्पती की पारस्परिक सुख-सुविधा के विचार से किया गया विवाह, 3 **make a ~** of s.o. किसी की इच्छा-अनिच्छा का ख्याल न करते हुए उससे काम करवा लेना, उस की सहृदयता से अनुचित लाभ उठाना, 4 उपयोगी वस्तु या यन्त्र, बड़े काम की चीज़, 5 **(public) convenience** शौचागार, 6 *pl* भौतिक सुख-साधन, all modern ~s सब आधुनिक सुख-साधन

convenient कन्वीनिअन्ट *a* 1 जिसमें सुविधा या सुभीता या सहूलियत हो, सुविधा का, सुभीते का, सुविधाजनक, आसान, जिसमें कष्ट न हो, if it is ~ to *or* for you यदि आपको कष्ट न हो तो, **to make it ~ to do sth** कोई काम करने का कष्ट करना; Please make it ~ to attend कृपया उपस्थित होने या पधारने का कष्ट करें, 2 अनुकूल, उपयुक्त; **~ly** *adv* आसानी से, बिना कष्ट के

convent कॉन्वन्ट *n* ईसाई साध्वियों का संघ तथा उनके रहने का आश्रम या मठ या विहार, साध्वी-संघ, साध्वी-विहार

conventicle कन्वॅन्टिकल *n* (*hist*) 1 गुप्त धार्मिक सभा या अधिवेशन या बैठक, 2 सभा-भवन

convention कन्वॅन्शन *n* (f. convene) 1 सभा (का अधिवेशन) बुलाना, 2 सभा, सम्मेलन, समागम, जलसा, 3 प्रथा, रिवाज, चलन, रस्म, रीति, परिपाटी, रूढ़ि, परम्परा, 4 (राष्ट्रों या दलों का) समझौता, करार, इकरारनामा [Geneva C~s]

conventional कन्वॅन्शनल *a* 1 परम्परागत, पारंपरिक, पारंपरीण, प्रथागत, रूढ़िगत, रिवाजी, conventional art परंपरानुसारी या पारम्परिक या पारंपरीण (चित्र) कला, 2 जो परमाणु-शक्ति पर आधारित न हो, **conventional weapons**, ग़ैर-ऐटमी हथियार, 3 करार या समझौते पर आधारित, 4 अस्वाभाविक, कृत्रिम; **~ism** *n* परम्परा का अनुसरण, रूढ़िवाद, परम्परावाद; **~ist** *a* परम्परा का अनुसरण करने वाला, परम्परावादी; **~ly** *adv* परम्परा के अनुसार

conventionality कन्वॅन्शनैलिटि *n* 1 रूढ़िवादिता, 2 in *pl* प्रथा, रिवाज

converge कन्वर्ज *vi* & *t* (of lines) एक बिन्दु पर आ कर मिलना, *fig* मिलना, एक जगह मिलना, The enemy forces are converging on the

98167

town शत्रु सेना (विभिन्न दिशाओं से) नगर की ओर बढ़ रही है; *vt* मिलाना, एक बिन्दु का ओर बढ़ाना, बिन्दु पर केन्द्रित करना, अभिबिन्दुग करना [to ~ the rays of light], converging point मिलन-स्थान, मिलने या एकत्र होने का स्थान

convergence, -ency कन्वर्जेन्स,-न्सि *nn* अभिसरण, अभिबिन्दुता, मिलन, मिलना (see prec)

convergent कन्वर्जेन्ट *a* एक बिन्दु की ओर जाने वाला, एक बिन्दु पर जा कर मिलने वाला, अभिबिन्दुग, अभिसारी

conversance, -cy कन्वर्सन्स, न्सि *nn* परिचय, जानकारी, निपुणता, प्रवीणता, कुशलता (see foll.)

conversant कन्वर्सन्ट *a* निपुण, प्रवीण, जानकार, अच्छी जानकारी रखने वाला, ज्ञाता, विज्ञ, अभिज्ञ; ~ **with** a person व्यक्ति से सुपरिचित, ~ **with** a subject विषय का ज्ञाता, विषय में कुशल

conversation कॉन्वर्-सेशन *n* 1 बातचीत, वार्तालाप, to hold a ~ **with** s.o. किसी के साथ बातचीत करना, 2 (*art*) ~ **piece** (i) आम लोगों का सामूहिक चित्र, समूह-चित्र, (ii) वस्तु जो अपने अनोखेपन के कारण चर्चा का विषय बन जाए

conversational *a* 1 वार्तालाप-संबंधी, बातचीत का, 2 वार्तालाप-प्रिय, 3 बातचीत में होशियार; ~**ist** *n* बातचीत में होशियार व्यक्ति, वार्तालाप-पटु, वार्तालाप-दक्ष

conversazione कॉन्वर्सैत्सियोनि *n* विद्वानों या कलाकारों द्वारा किया गया सायंकालीन समारोह, सान्ध्य गोष्ठी

converse^1 कन्वर्स *vi* बातचीत करना, वार्तालाप करना, गपशप करना [**to ~ with s.o. on, about, sth**]

converse^2 कॉन्वर्स *a* & *n* 1 विलोम, विपरीत, उलटा, उलट, 2 *log* परिवर्तित (वाक्य), परिवर्तित (रूप), *e.g.* 'he had learning without wealth' *is the converse of* 'he had wealth without learning'; ~**ly** *adv* विलोमतः

conversion कन्वर्शन *n* 1 परिवर्तन, रूपान्तरण, बदली, 2 धर्म-परिवर्तन, शुद्धि, मत-परिवर्तन [~ **to** Hinduism, Islam, etc], 3 पापी को धर्मात्मा बनाना, दुराचारी को सदाचारी बनाना, धर्मात्मा बनना, ईश्वरोन्मुख होना, 4 *log* परिवर्तन *e.g.* if no A is B, then by conversion, no B is A

convert^1 कन्वर्ट *vt* 1 बदलना, बदली करना, रूप बदलना, रूपान्तर करना, परिवर्तन करना, परिवर्तित करना, to ~ sth **into** sth else किसी चीज को बदल कर कोई और चीज बना देना, 2 धर्म बदलना, धर्म-परिवर्तन करना, शुद्ध करना, 3 मत-परिवर्तन करना, सहमत करना, कायल करना, (प्रतिपक्षी को) अपने पक्ष में करना, अपने दल में मिला लेना, 4 सदाचारी या धर्मात्मा बनाना, पापनिवृत्त करना, ईश्वरोन्मुख करना, 5 (*log*) see prec 4

convert^2 कॉन्वर्ट *n* 1 जिसने धर्म बदल लिया हो, जिसे शुद्ध किया गया हो, धर्म बदलने वाला, अन्य धर्म ग्रहण करने वाला, धर्मान्तरग्राही, 2 जो सदाचारी या धर्मात्मा बन गया हो

convertible कन्वर्ट-बल *a* & *n* 1 परिवर्तनीय, 2 (of paper-money) विनिमेय, ~ currency विनिमेय पत्र-मुद्रा, पत्र-मुद्रा (या नोट) जिसके बदले में सोना-चांदी मिल सके, ~ terms पर्यायवाची पद, समानार्थक शब्द; *n* मोटरकार जिसकी छत उतारी या मोड़ी जा सके

convex कॉन्वेक्स *a* उन्नतोदर, उत्तल, उभरा हुआ, ~**ity** कन्वेक्सिटि *n* उत्तलता, उभार

convey कन्-वे *vt* 1 ढोना, वहन करना, ले जाना, पहुंचाना, 2 (गंध) फैलाना, (ध्वनि का) संचार करना, 3 समझाना, बताना, सूचित करना, व्यक्त करना, to ~ one's meaning, idea, **to** s.o. अपना मतलब, विचार, बताना या समझाना, 4 *law* (जायदाद) हस्तान्तरित करना, सौंपना, देना [to ~ **to** s.o.]; ~**able** *a* हस्तान्तरणीय (जायदाद)

conveyance कन्वे-अन्स *n* 1 वहन, ले जाना, पहुंचाना, 2 वाहन, सवारी, गाड़ी, यान, 3 (अर्थ या विचार की) अभिव्यक्ति, समझाना, बताना, 4 (जायदाद का) हस्तान्तरण; हस्तान्तरण-पत्र

convict^1 कॉन्विक्ट *n* 1 अपराधी, दोषी, मुजरिम, 2 बन्दी, कैदी

convict^2 कन्विक्ट *vt* 1 दोषी या अपराधी या मुजरिम ठहराना [**to ~ s.o. of a crime**], 2 दोषी या अपराधी सिद्ध या प्रमाणित करना, you stand ~ed by your own words तुम्हारा अपना बयान ही तुम्हें अपराधी सिद्ध (या प्रमाणित) करता है, 3 to ~ s.o. **of** error किसी को उसकी गलती का यकीन या विश्वास दिलाना, गलती मनवाना

conviction कन्विक्शन *n* 1 दोष-सिद्धि, दोषी या अपराधी ठहराया जाना, 2 (see convince) विश्वास कराना, कायल करना [**to carry ~**], 3 दृढ़ या पूर्ण विश्वास, पक्का यकीन, 4 अपने पाप का बोध या प्रत्यय

convince कन्विन्स *vt* 1 विश्वास कराना, यकीन दिलाना, सन्देह दूर करना, कायल करना [to ~ s.o. **of** sth, to ~ s.o. that . . ., esp in *pass*], I am ~d that he is alive मेरा दृढ़ विश्वास है कि वह जीवित है, 2 व्यक्ति को अपने अपराध या पाप का बोध या प्रत्यय कराना; **convincible** *a* कायल होने को तैयार

convincing *a* विश्वास उत्पन्न करने वाला, विश्वासजनक, यकीन दिलाने वाला, कायल करने वाला, जंचने वाला, ~ argument कायल करने वाली दलील

convivial कन्विविअल *a* 1 उत्सव-संबंधी, सहभोज संबंधी, a ~ evening मित्रों के साथ (सायंकालीन) सहभोज, 2 (of person) विनोदप्रिय, खुशमिजाज, ज़िन्दादिल, हँसमुख; ~**ity** *n* विनोदप्रियता, विनोदशीलता, ज़िन्दादिली

convocation कोॅन्व-केशन *n* (f. foll) **1** (सभा या सम्मेलन का) बुलाना [India has urged the ~ of a conference], **2** दीक्षान्त समारोह, (प्राचीन गुरुकुलों में) समावर्तन-समारोह, **3** सभा, सम्मेलन (वि० धार्मिक)

convoke कन्वोक *vt* सभा (का अधिवेशन) बुलाना, (सम्मेलन का) बुलावा देना

convolution कोॅन्व-लूशन *n* **1** कुण्डली बनाना, मरोड़ना, **2** संवलन, परिवलन, वलय, कुण्डली, **मरोड़**

convoy कोॅन्वोॅइ *n* & *vt* **1** जंगी जहाज़ों के संरक्षण में जाने वाले या स्वयं अपनी रक्षा कर सकने वाले व्यापारी जहाज़, जहाजों का काफ़िला, **2** रक्षक दल, रक्षक बेड़ा, to sail **under** ~ रक्षक दल या रक्षक बेड़े के साथ यात्रा करना, **3** रक्षक दल के साथ जानेवाली रसद की गाड़ियां, गाड़ियों का काफ़िला; *vt* (of warship) (व्यापारी या यात्री जहाज़ों को) अपने संरक्षण में ले जाना, रक्षार्थ साथ जाना या रहना

convulse कन्वल्स *vt* **1** *lit* & *fig* जोर से हिलाना, झँझोड़ना, झकझोरना, मरोड़ना, ऐंठना, बल देना, **2** (व्यक्ति को) क्षुब्ध करना, घबरा देना, (धरती को) कँपा देना, **3** (usu in *pass*) to be ~d with laughter हँसते-हँसते पेट में बल पड़ना, हँसी से लोट-पोट होना

convulsion कन्वल्शन *n* **1** in *pl* माँस-पेशियों के अपने आप सिकुड़ने से शरीर या किसी अंग में होने वाली कँपकँपी, ऐंठन, मरोड़, **2** in *pl* ज़ोर की बे-काबू हँसी (जिससे व्यक्ति लोट पोट हो जाए), **3** (सामाजिक या राजनीतिक) हलचल, उथल-पुथल, विप्लव, ज़बरदस्त आंदोलन, **4** प्राकृतिक विप्लव [a ~ of nature *e.g.* an earthquake]

convulsive कन्वल्सिव *a* **1** ऐंठन पैदा करने वाला, कँपकँपी लाने वाला, **2** विप्लवकारी, हलचल या गड़बड़ पैदा करने वाला

coo कू *vi* & *t* & *n* **1** कूजना, चहकना, गुटरगूँ करना, **2** (of baby) तुतलाना, **to bill & coo** प्रेमालाप करना; *n* कूजन; तुतलाहट

cook^1 कुक *n* रसोइया, बावरची, खानसामां, *prov*: **Too many ~s spoil the broth** दो मुल्लाओं में मुर्गी हराम, एक ही अध्यक्ष या अधिष्ठाता या संचालक काफ़ी होता है, **~book**=cookery book, **~-shop** भोजनालय, ढाबा

cook^2 *vt* & *i* **1** पकाना, रसोई बनाना, **2** *vi* पकना, **3** (*fig*) **to cook (up)** गढ़ना, झूठी बात बनाना, **4** (*colloq*) to cook accounts हिसाब में गड़बड़ करना, झूठा हिसाब तैयार करना, **5 to cook s.o.'s goose** किसी का काम बिगाड़ना, सत्यानाश करना; his goose is cooked उसका काम बिगड़ गया है, वह तो मारा गया !, **6 ~ing range** खाना पकाने के चूल्हे और अन्य उपकरण

cooker कुकर *n* **1** खाना बनाने का बर्तन, पतीला, **2** अँगीठी, चूल्हा, **3** झूठा हिसाब तैयार करने वाला

cookery कुकरि *n* पाकविधि, पाक-कला; पाकशास्त्र; **~ book** पाकविधि सिखाने की पुस्तक

cookie कुकि *n* मीठी रोटी, बन, मालपुआ, केक, बिस्कुट

cool^1 कूल *a* & *n* **1** (कुछ-कुछ, हल्का) ठंडा, शीतल, **2** शान्त, उत्तेजना-रहित, जिसमें क्रोध या घबराहट न हो, to keep ~ शान्त रहना, तैश में न आना, **cool-headed** जिसे जल्दी क्रोध न आ जाये, शान्त-स्वभाव, **3** उत्साहरहित, उत्साह-हीन; He was ~ towards my proposal उसने मेरे प्रस्ताव के विषय में कोई उत्साह नहीं दिखाया, **4** जिसमें मित्रता की भावना न हो, जिसमें तपाक या गरमजोशी न हो, रूखा [a ~ reception], **5** शान्त किन्तु उद्धत या उद्दण्ड, बेशरम, **6** (of sums of money, distances, etc) कम से कम, इतना तो [the radio cost me a ~ thousand]; **~ness** *n* **1** ठंडक, शीतलता, **2** धैर्य्य, धीरज, आत्मविश्वास, **3** औद्धत्य, **4** उत्साह का अभाव, सौहार्द का अभाव, रुखाई

cool^2 *vi* & *t* **1 to ~ (down)** ठंडा होना, (क्रोध) शान्त होना, (गुस्सा) दूर होना, **to ~ off** (उत्साह या जोश) ठंडा पड़ जाना, (स्नेह) कम हो जाना, **2** *vt* ठंडा करना, शान्त करना; **to cool one's heels** इन्तज़ार करना पड़ना, बिठाये रखा जाना; **cooler** कूलर *n* शीतक

coomb, combe कूम *n* (पहाड़ी या समुद्र-तट के निकट) घाटी

coop *n* & *vt* **1** मुर्गियों के ऊपर रखने की टोकरी; मुर्गीखाना, **2** मछली पकड़ कर रखने की टोकरी, झावा, **3** कैद या बन्द रखने की तंग जगह, कोठरी; *vt* तंग जगह में बन्द रखना [to ~ s.o. **in** *or* **up**]

cooper कूपर *n* & *vt* **1** टोकरियाँ, पीपे, टब आदि बनाने वाला, **2** (on ship) पीपे, टब आदि की मरम्मत करने वाला; *vt* पीपों आदि की मरम्मत करना

co-operate को-ओॅपरेट *vi* **1** मिल कर काम करना, सहयोग देना या करना, हाथ बँटाना [to ~ **with** s.o. **in** sth], **2** (of thgs) अनेक बातों का मिल जाना, अनेक बातों के मिलने का परिणाम होना [Everything ~d to make our sojourn pleasant]

co-operation को-ओॅपरेशन *n* सहकारिता, सहयोग, सहकार

co-operative को-ओॅप-र-टिव *a* सहकारी, **~ society** सहकारी संस्था या समिति

co-operator को-ओॅपरेटर *n* सहकारी, सहयोगी, साथी

co-opt को-ओॅप्ट *vt* संस्था के वर्तमान सदस्यों द्वारा (नया सदस्य) चुनना, सदस्य बनाना, शामिल करना, मिला लेना, सहयोजित करना ; **co-optation, co-option** *nn* सहयोजन

co-ordinate^1 को-ऑॅर्डिनट *a* & *n* **1** समकक्ष, समान दर्जे का, तुल्य, **2** *gram* समानाधिकरण; *n* **1**

समकक्ष (व्यक्ति या वस्तु), 2 *math* निर्देशाङ्क

co-ordinate^2 को-ऑर्डिनेट *vt* समन्वय (स्थापित) करना, समन्वित करना, सामंजस्य (स्थापित) करना, ताल-मेल बैठाना [to ∼ ideas, parts, etc]

co-ordination को-ऑर्डिनेशन *n* समन्वय, सामंजस्य, तालमेल

coot कूट *n* अनेक प्रकार के तैरने वाले पक्षी; कारंडव आदि

cop^1 कॉप *n* 1 (spinning) आँटी, 2 *sl* पुलिस का सिपाही

cop^2 *vt* (*sl*) पकड़ना; you'll ∼ it तुम दंड पाओगे

coparcenary, coparcener, *nn* =parcenary, parcener

copartner को-पार्ट्नर *n* सहभागी, साझी, साझीदार, हिस्सेदार; ∼**ship** *n* 1 सहभागिता, सहसाझेदारी, 2 साझेदारी की संस्था; labour ∼-ship श्रमिक साझेदारी (प्रणाली या संस्था जिसमें श्रमिकों को मुनाफ़े का हिस्सा दिया जाता है)

cope^1 कोप *n* 1 पादरियों का चोगा, लबादा, 2 *fig* the ∼ of heaven आकाश का चँदोवा, under the ∼ of night रात के पर्दे में, **cope-stone**= coping stone (see coping)

cope^2 *vt* मुंडेर बनाना, छज्जा बनाना, to cope over (छज्जे की भांति) आगे को निकला होना

cope^3 *vi* 1 सामना करना, मुकाबला करना, मुकाबले पर डटे रहना, हार न मानना [to ∼ **with** s.o., **with** the enemy], 2 *colloq* पूरा करना, निबटाना, निपटाना, निभाना, संभालना **to** ∼ **with work** काम पूरा कर पाना; to ∼ **with** a situation स्थिति पर काबू पाना, स्थिति को संभालना, to ∼ with a difficulty कठिनाई पर विजय पाना

Copernican क-पर्निकन *a* गणितज्योतिषी कोपर्निकस का, ∼ theory यह सिद्धान्त कि पृथ्वी आदि ग्रह सूर्य की परिक्रमा करते हैं [Copernicus, Polish astronomer d. 1543]

coping कोपिङ्ग *n* दीवार का ऊपर का रद्दा (जो प्रायः ढालुवां होता है, दीवार का शिखर, (दीवार के ऊपर का) छज्जा, **coping-stone** चोटी या शिखर का पत्थर (जिसके लगने से दीवार पूरी हो जाती है), *fig* काम पूरा करने की (अन्तिम) कार्यवाही, अन्तिम सुधार या परिष्कार (also cope-stone)

copious कोपिअस *a* 1 प्रचुर, भरपूर, बहुत अधिक, 2 जानकारी से भरपूर, 3 जो बातों की झड़ी लगा दे, वाचाल, 4 (भाषा) जिसका शब्दभंडार बहुत अधिक हो; ∼**ly** *adv* बहुत अधिक; ∼**ness** *n* प्रचुरता, प्राचुर्य, अधिकता, बाहुल्य

copper कॉपर *n* 1 ताँबा, ताम्र, 2 (पैसा, पेन्नी आदि) छोटा सिक्का (जो पहले तांबे का होता था), 3 ∼**plate** ताम्रपट्ट, ताम्रपत्र; *attrib* ∼**plate writing** सुन्दर और साफ़ लेख; *comb:* ∼**smith** तांबे के बर्तन आदि बनाने वाला, कसेरा

coppice कॉपिस *n* झाड़ियों और छोटे-छोटे पेड़ों का जंगल (जिसे थोड़े-थोड़े समय के बाद काट लिया जाता है), ∼**-wood** झाड़-झंखाड़

copra कॉप्र: *n* गरी, खोपरा

copse कॉप्स *n* =coppice; *vt* झाड़-झंखाड़ से ढक देना; **copsy** *a* झाड़-झंखाड़ से भरा हुआ या ढका हुआ

Copt कॉप्ट *n* (जैकोबाइट संप्रदाय का) मिस्रदेशीय ईसाई; **Coptic** *n* मिस्रदेशीय ईसाइयों की भाषा

copula कॉप्युल: *n* (*log*, *gram*) 1 कर्ता का विधेय से संबंध बताने वाली 'होना' क्रिया (*e.g.* 'राम वीर है' में 'है'), संयोजक, 2 *anat* एक अंग को दूसरे अंग से जोड़ने वाला (स्नायु आदि) अवयव, योजक या संयोजक अवयव, सेतुक

copulate कॉप्युलेट *vi* मैथुन करना; **copulation** *n* 1 मैथुन, 2 *log*, *gram* संयोजन; **copulative** *a* & *n* 1 जोड़ने वाला, *gram* संयोजक, 2 *zool*, *anat* मैथुन संबंधी

copy^1 कॉपि *n* 1 (लेख, अभिलेख, चित्र आदि की) प्रतिलिपि, नकल, प्रतिमूर्ति, 2 **rough** ∼ मसौदा, प्रालेख, प्रारूप, **fair** ∼ साफ़ प्रति, शुद्ध प्रति, 3 (पुस्तक, समाचारपत्र की) प्रति, 4 मुद्रण-सामग्री, (मुद्रणार्थ) लेख, (समाचार) सामग्री This incident etc will **make good copy** यह रोचक सामग्री है, 5 **copy-book maxims** साधारण कहावतें या लोकोक्तियां ; ∼**-cat** नकल-मात्र करने वाला, नकलची

copy^2 *vt* & *i* 1 नकल करना, 2 प्रतिलिपि बनाना, प्रतिमूर्ति बनाना, 3 नकल उतारना, अनुकरण करना; **copyist** *n* प्रतिलिपिक, नकलनवीस

copyright कॉपिराइट *n* & *a* लेखक, कलाकार आदि को कानून द्वारा नियत काल के लिए दिया गया अधिकार जिसके अनुसार वह अपनी मूल कृति की प्रतिलिपियां प्रकाशित कर सकता है और बेच सकता है, प्रतिलिपि-अधिकार; *a* (लेख, कृति) जिसके विषय में लेखक का प्रतिलिप-अधिकार सुरक्षित हो

coquetry कॉकिट्रि *n* 1 दिखावटी प्रेम, चोचला, नख़रा, 2 *fig* खिलवाड़, दिल्लगी

coquette^1 ककेट *vi* 1 (of woman) दिखावटी प्रेम करना, नखरे करना [to ∼ **with** s.o.], 2 खिलवाड़ करना

coquette^2 *n* कभी किसी से और कभी किसी से (दिखावटी) प्रेम करने वाली स्त्री, नख़रेबाज औरत; **coquettish** *a* नखरेबाज

coral कॉरल *n* & *a* समुद्री-जन्तुओं द्वारा निकाला गया (लाल, गुलाबी, सफ़ेद आदि रंगों का) कठोर पदार्थ, मूंगा, प्रवाल; *a* 1 मूंगे जैसा, (वि०) लाल मूंगिया, 2 मूंगे का बना हुआ; ∼ **reef** (समुद्र में) मूंगे की चट्टान; ∼ **island** मूंगे का टापू

coralline कॉरलाइन *a* 1 मूंगे की तरह लाल, रक्ताभ, 2 मूंगे का बना हुआ

cord कॉर्ड *n* & *vt* **1** डोरी, रस्सी, रज्जु, तांत, **2** (वाद्ययन्त्र की) तंत्री, तार, **3** *anat* नाड़ी, नस, तंतु, तंत्री, spinal ~ (see spinal), vocal ~s (see vocal), **4** (*fig*) ~s of discipline, affection, etc अनुशासन, स्नेह आदि का बंधन; *vt* डोरी या रस्सी से बाँधना या जकड़ना

cordage कॉर्‌डिज *n* जहाज़ के रस्से-रस्सियाँ

cordate कॉर्‌डेट *a* हृदयाकार

cordial कॉर्‌डिअल *a* & *n* **1** हार्दिक, दिली, प्रेमपूर्ण, सस्नेह, सोत्साह, जोश भरा, तपाक भरा, सौहार्दपूर्ण, मैत्रीपूर्ण, **2** दिल को ताकत देने वाला (पेय, औषध आदि); ~**ity** कॉर्‌डियॅलिटि *n* सौहार्द, स्नेह, मैत्री; ~**ly** *adv* हृदय से, दिल से, तपाक से, सस्नेह, सोत्साह

cordon कॉर्डन *n* & *vt* **1** घेरा, **2** पुलिस का घेरा, सैनिक चौकियों की श्रृंखला, **3** (**sanitary**) ~ रोगाक्रान्त और रोगमुक्त प्रदेशों के बीच की सीमा (जिस पर पहरा बैठा दिया जाता है), **4** सजावटी डोरी या फ़ीता; *vt* **to** ~ **off** घेरा डाल कर अलग रखना

corduroy कॉर्डरॉइ *n* उभरी हुई धारियों वाला मोटा सूती कपड़ा, कार्डराय, in *pl* कार्डराय की पतलून

core कॉर *n* & *vt* **1** सेब, नाशपाती आदि फलों का कड़ा भीतरी भाग जिसमें बीज होते हैं, **2** रस्सी का बीच का बट, **3** *fig* (किसी वस्तु का) भीतरी भाग, अन्तरतम भाग, अभ्यन्तर, केन्द्र, **rotten to the core** अन्दर से गला-सड़ा, बिल्कुल खराब, **selfish to the core** निपट स्वार्थी, सरासर मतलबी; English to the ~ (आचार-विचार, बोली, लिबास आदि में) पक्का अंग्रेज; **4** मूल तत्त्व, मूल सिद्धान्त; सार, **5** भेड़ों का रोग-विशेष

co-religionist *a* सहधर्मी, समानधर्मावलम्बी

co-respondent कोरिस्‌पॉन्डॅन्ट *n* (तलाक के मुकदमे में) सहप्रतिवादी

coriander कॉरि-ऐन्डर *n* धनिया

cork कॉर्क *n* & *a* & *vt* **1** कार्क वृक्ष की छाल, **2** कार्क, काग, डाट, डट्टा; *a* कार्क का बना हुआ; *vt* डाट लगना, डाट लगाकर बोतल बन्द करना [to ~ (up) a bottle]; ~**screw** कॉर्क्‌स्क्रू *n* (बोतल का काग निकालने का पेचदार) कांटा

cormorant कॉर्‌मरन्ट *n* **1** समुद्री चील, **2** लालची व्यक्ति

corn^1 कॉर्‌न *n* **1** (अनाज, काली मिर्च आदि का) दाना, बीज, **2** अनाज, धान्य, अन्न, गल्ला, (U.S.) Indian corn मक्का, ~**-flour** मक्के, चावल आदि का महीन आटा

corn^3 *n* (शरीर, वि० पांव पर बनने वाली) पीड़ादायक गांठ, किण, घट्टा; **to tread on s.o.'s** ~**s** किसी का दिल दुखाना, घावों पर नमक छिड़कना

cornea कॉर्‌निय: *n* (*anat*) आंख के डेले का बाहरी पारदर्शक कड़ा भाग (जो पुतली के सामने होता है), स्वच्छमंडल

corneous कॉर्‌निअस *a* सींग-जैसा, कड़ा, कठोर

corner^1 कार्नर *n* & *vt* & *i* **1** कोना, कोण, नुक्कड़, **2** मोड़, **just round the** ~ (*colloq*) बिल्कुल निकट, आने या होने ही वाला, **to turn the** ~ मुड़ कर दूसरी गली में जाना, *fig* कठिनाई पार करना, कठिन स्थिति या संकट से बच निकलना, हालत सुधरने लगना [On the economic front, we have turned the ~]; the patient has turned the ~, रोगी की दशा अब सुधरने लगी है; **3** (*fig*) **to be in a tight** ~ बड़ी मुश्किल में होना, **to drive s.o. into a** ~ किसी को कठिन स्थिति में फँसाना (जहां से उसका बच निकलना मुश्किल हो), बेबस करना, ज़िच करना, **4** गुप्त स्थान (जहां अनियमित व्यापार हो या चोरबाजारी के सौदे किये जायें), **5** क्षेत्र, प्रदेश, इलाका, कोना, from the four ~s of the earth दुनिया के कोने-कोने से, दुनिया के हर देश या प्रदेश से, **6** कीमतें बढ़ाने के विचार से मंडी का सारा माल खरीद लेना, माल समेटना, इजारेदारी की खरीद, एकाधारिक खरीद, **to make a** ~ **in wheat** etc (मंडी का) सारा गेहूं खरीद लेना, **7 corner-stone** दीवार की नींव के कोने पर लगा पत्थर, कोने का पत्थर, आधार-शिला, *fig* आधार, अनिवार्य या महत्वपूर्ण अंग [Hard work was the ~-stone of his success]

corner^2 *vt* & *i* **1** (=to drive into a ~, see prec 3) फँसाना, बेबस करना, ज़िच करना, **2** मंडी का सारा माल खरीद कर कब्ज़े में कर लेना, **3** कोना बनाना, **4** *vi* कोना मुड़ना [the bus ~s well]

cornet कॉर्‌निट *n* तुरही जैसा पीतल का बाजा

cornice कॉर्‌निस *n* **1** (*archit*) दीवार की बाहरी ओर छत के पास तनिक बाहर को निकला हुआ सजावटी हाशिया, कँगनी; दीवार की भीतरी ओर छत के नीचे उभरा हुआ सजावटी हाशिया, गोला, कार्नीस, **2** (mount) चट्टान की चोटी के पास छज्जे की भांति बाहर को निकली हुई कड़ी बर्फ़

Cornish कॉर्‌निश *a* & *n* (दक्षिण-पश्चिम इंग्लैन्ड में) कार्नवाल का; *n* कार्नवाल की प्राचीन भाषा

cornucopia कॉर्‌न्युकोपिय: *n* धन-धान्य का बाहुल्य, समृद्धि

corny^1 कॉर्‌नि *a* **1** अनाज का, **2** अनाज से भरपूर, जहाँ अनाज की बहुतायत हो

corny^2 *a* जिसमें गाँठें या घट्टे पड़ गये हों [~ foot]

corolla करॉल: *n* फूल की भीतरी पत्तियां, अन्तर्दलपुंज

corollary करॉलरि *n* **1** *math* उपप्रमेय, अनुप्रमेय, मूल प्रमेय पर आधारित (होने से) स्वतः सिद्ध दूसरा प्रमेय, **2** *log* स्वाभाविक निष्कर्ष या परिणाम, अनिवार्य परिणाम [Death is the natural ~ to birth]

corona करोन: *n* **1** सूर्य और चन्द्रमा के इर्द-गिर्द

का प्रभामंडल, परिमण्डल, 2 *anat* दन्तशिखर

coronation कॉ`र-नेशन *n* राज्याभिषेक, राजतिलक

coroner कॉ`र-नर *n* अस्वाभाविक मृत्यु का कारण निर्धारित करने के विचार से शव की जांच-पड़ताल करने वाला अधिकारी, मृत्यु(-कारण-)समीक्षक, ~'s inquest अस्वाभाविक मृत्यु के कारण की समीक्षा

coronet कॉ`र-निट *n* 1 छोटा मुकुट, 2 औरतों का फूल-पत्तों का मुकुट, सिर पर बांधने का सजावटी फीता. 3 हार, माला, 4 (घोड़े का) सुमशीर्ष

corporal^1 कॉर्प-रल *a* शारीरिक, दैहिक, कायिक ~ punishment शारीरिक दण्ड

corporal^2 *n* सार्जेण्ट से छोटा सैनिक अधिकारी, कार्पोरल

corporality कॉर्पैरैलिटि *n* 1 भौतिक सत्ता या अस्तित्व, 2 शरीर, देह

corporate कॉर्परिट *a* 1 (राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक उद्देश्य से) संगठित; संघ या निकाय में सम्मिलित, निकाय या दल का सदस्य, ~ **body**; **body** ~ संगठित या निगमित निकाय; निगम; संघ, ~ **savings** कंपनी बचत, ~ **sector** कंपनी क्षेत्रक, 3 निगम-संबंधी, दल-संबंधी, सामूहिक; ~ feeling मिल कर काम करने की भावना; ~ responsibility सामूहिक उत्तरदायित्व

corporation कॉर्प-रेशन *n* 1 संगठित निकाय, निगम, संघ, कंपनी, 2 municipal ~ महानगरपालिका, नगर-निगम; **corporator** *n* निगम का सदस्य

corporeal कॉर्पॉरिअल *a* 1 देहधारण करने वाला, देहधारी, शरीरधारी, corporeal being शरीरधारी प्राणी, 2 भौतिक, पार्थिव; *law* मूर्त्त, ठोस, वास्तविक, ~ hereditament दाय के रूप में मिलने वाले (पशु, वस्त्राभूषण, मकान आदि) भौतिक पदार्थ; भौतिक संपत्ति; ~**ity** *n* मूर्तत्व, ठोसपन, वास्तविकता, भौतिकता

corporeity कॉर्परीइटि *n* 1 शरीरधारी होने का भाव या गुण, शरीरवत्ता, 2 ठोस या मूर्त पदार्थ, भौतिक तत्त्व

corps कॉर *n* (*pl* same, कॉर्ज़) 1 सेना का खंड (जिसमें कई डिवीज़न होते हैं और जिसका अध्यक्ष प्रायः लेफ़्टिनेंट-जनरल होता है, कोर, 2 (विशेष कार्य के लिए नियुक्त) सैनिक दल, सैनिक टुकड़ी, 3 ~ **diplomatique** (कॉर दिप्लोमैतीक) किसी राजधानी में स्थित विदेशों के सभी राजदूत और उनके सहकारी, राजदूतमंडल, राजनयिकमंडल, राजदूत निकाय

corpse कॉर्प्स *n* शव, लाश

corpulence कॉर्प्युलन्स *n* मोटापा, मोटापन, स्थूलता; **corpulent** *a* स्थूलकाय, मोटा

corpus कॉर्पस *n* (*pl* **corpora**) 1 निकाय, 2 लेख-संग्रह, ग्रन्थ-संग्रह, ग्रन्थ-संकलन, 3 ~ **juris** विधि-संग्रह, कानूनों का संग्रह, ~ **delicti** समस्त अपराध, अपराध की सारी बात, **C**~ **Christi** (शब्दार्थ–क्राइस्ट का शरीर) ईसाइयों का भोजोत्सव

corpuscle कॉर्पसल *n* जीव या प्राणी के शरीर के सूक्ष्मतम अंश, कणिका, blood ~s रुधिर-कणिकाएं, red ~ लाल कणिका, white ~ श्वेत कणिका, 2 (विद्युत् आदि का) अणु; **corpuscular** *a* कणिका का, अणु का, कणिकामय; कणिका या अणु संबंधी

corral कराल *n* 1 बाड़ा, अश्वशाला, गोशाला, पशुशाला, 2 (शिविर में गाड़ियों को खड़ा करके बनाया गया सुरक्षार्थ) घेरा, 2 जंगली पशुओं को पकड़ने के लिए बनाया गया घेरा या बाड़ा; *vt* (गाड़ियां खड़ी करके) घेरा बनाना, घेरे या बाड़े में बन्द करना

correct^1 करे`क्ट *vt* 1 ठीक करना, दुरुस्त करना, शुद्ध करना, सुधारना, 2 ग़लती या दोष दूर करना, त्रुटि सुधारना, 3 (प्रूफ़ में) गलतियां ठीक करना, संशोधन करना, 4 (व्यक्ति को) डांटना, तंबीह करना, दण्ड देना, (बुरी आदत को) दूर करना, सुधारना, **to stand** ~**ed** अपनी गलती मान लेना, **I stand** ~ed मैं अपनी गलती मानता हूं. 5 हानिकारक प्रभाव को दूर करना, प्रतिकार करना

correct^2 *a* 1 सच, सत्य, यथार्थ, 2 शुद्ध, ठीक, सही, दुरुस्त, 3 (of conduct, manners) उचित, उपयुक्त, ठीक; ~**ness** शुद्धता, यथार्थता; औचित्य

correction करे`क्शन *n* 1 ठीक करना, शोधन, संशोधन, भूलसुधार, शुद्धि; **I speak under** ~ मैं जो कुछ कह रहा हूं, संभव है उस में कुछ ग़लतियां हों, 2 दण्ड, सज़ा, **house of** ~ (*arch*) जेल, दण्डालय; ~**al** *a* दण्ड-संबंधी, दण्डात्मक, सुधार-संबंधी, सुधारात्मक

correctitude करे`क्टि-ट्यूड *n* औचित्य (वि० आचरण का)

corrective *n* & *a* 1 प्रतिकार, प्रतीकार, इलाज, सुधार, 2 प्रतिकार करने वाला, प्रतिकारात्मक, सुधारात्मक, ~ punishment सुधारात्मक दण्ड, 3 खराबी, दोष या हानिकर प्रभाव को दूर करने वाला (पदार्थ, औषध, कार्य आदि), दोष-निवारक

corrector करे`क्टर *n* 1 शुद्ध करने वाला, शोधक, अशुद्धियां दूर करने वाला, संशोधन करने वाला, ~ **of the press** प्रूफ़-शोधक, प्रूफ़-रीडर, 2 दण्ड देने वाला, शासिता, 3 आलोचक

correlate^1 कॉ`रिलेट *n* दो परस्पर-संबंधित पदार्थों या तथ्यों में से कोई एक, संबंधित या सह-संबंधित पदार्थ या तथ्य

correlate^2 *vi* & *t* 1 परस्पर-संबंध या सह-संबंध होना, परस्पर-संबंधित होना, सह-सम्बद्ध होना [to ~ **with** sth], 2 *vt* परस्पर-संबंध स्थापित करना, सह-संबंध स्थापित करना [to ~ one thing **with** another]; **correlation** *n* सहसंबंध, परस्परसंबंध, अन्योन्यसंबंध [the correlation **between** climate and vegetation]

correlative क़रे`लटिव *a* & *n* 1 [**with, to**] सह-संबंधित, सह-संबद्ध, 2 सदृश; *n* सह-संबंधित शब्द

या पदार्थ, *e.g.* '*either*' and '*or*'; '*where*' and '*there*'

correspond कोʹरिस्पोʹन्ड *vi* 1 [~ **with**] अनुकूल या अनुरूप होना, मेल खाना, संगति होना, 2 [~ **to**] सदृश होना, समान होना, मिलना, मिलता-जुलता होना, बराबर होना, जोड़ का होना, 3 [~ **with**] पत्र-व्यवहार करना, चिट्ठी-पत्री लिखना, लिखा-पढ़ी करना [**to** ~ **with** s.o.], they ~ वे परस्पर पत्र-व्यवहार करते हैं

correspondence कोʹरिस्-पोʹन्डन्स *n* 1 अनुकूलता, अनुरूपता, संगति, मेल, 2 सादृश्य, समानता, संवाद, संवादिता, 3 पत्रव्यवहार, पत्राचार, चिट्ठी-पत्री, लिखा-पढ़ी [to be in ~ **with** s.o.]

correspondent -पोʹन्डन्ट *n* & *a* 1 पत्र लिखने वाला, पत्र-प्रेषक, 2 (समाचार पत्र आदि का) संवाददाता, 3 (वि० दूसरे देश में) किसी व्यक्ति या फर्म से व्यापारिक संबंध रखने वाला व्यक्ति आदि, सहयोगी, 4 *a* (*arch*) [~ **to, with** or *abs*] संवादी, तत्संवादी, अनुरूप

corresponding -पोʹन्डिङ्ग *a* संवादी, तत्संवादी, तत्स्थानी, अनुरूप, के अनुसार; ~**ly** *adv* तदनुसार, उसी प्रकार

corridor कोʹरिडॉर *n* 1 गलियारा, मकान के अन्दर का तंग रास्ता जिस पर दोनों ओर के कमरों के दरवाज़े हों; *polit* किसी देश को समुद्र से मिलाने वाला रास्ता जो दूसरे देश में से गुज़रता हो, 2 *rail* डिब्बों को एक-दूसरे से मिलाने वाला तंग रास्ता; गलियारा; ~ **train** गलियारे वाली गाड़ी

corrigendum कोʹरिजेʹन्डम *n* (शब्दार्थ– शोधितव्य), पुस्तक में छपी अशुद्धि और उसका शुद्धरूप; *pl* **corrigenda** शुद्धि-पत्र

corrigible कोʹरिजि-बल *a* जिसे ठीक या शुद्ध किया जा सके, शोधनीय, 2 (व्यक्ति) जिसे सुधारा जा सके, जो सुधरने को तैयार हो, गलती मान लेने वाला, विनीत

corroborant करोʹबरन्ट *a* & *n* (f. foll) पुष्टि करने वाला (प्रमाण, तथ्य आदि); पुष्टिकारक

corroborate करोʹबरेट *vt* 1 (प्रमाण आदि से कथन की) पुष्टि करना, पुष्ट करना, सच्चा सिद्ध करना, तसदीक करना, the facts ~ his statement तथ्य उसके कथन की पुष्टि करते हैं, तथ्यों से उसके कथन की पुष्टि होती है; (व्यक्ति को) सच्चा सिद्ध करना, 2 (कानून, सरकारी घोषणा की) पुष्टि करना, **corroboration** करोʹब-रेशन *n* पुष्टि, परिपुष्टि, तसदीक, समर्थन, पुष्टिकरण; **corroborative, corroboratory** *aa* पुष्टि करने वाला, पुष्टिकर, समर्थनकारी, तसदीक करने वाला; **corroborator** *n* पुष्टि करने वाला, समर्थन करने वाला, समर्थक

corrode करोड *vt* & *i* 1 *chem* संक्षारित करना या होना; खाना; Rust ~s metals जंग धातुओं को खा जाता है, 2 जंग लगना [Iron ~s easily], 3 क्षीण करना या होना

corrosion करोश्ज़न *n* 1 संक्षारण, 2 क्षय, ह्रास, नाश

corrosive करोसिव *a* & *n* 1 संक्षारक, जंग लगाने वाला, 2 क्षयकारक, क्षीण करने वाला

corrugate कोʹरुगेट *vt* & *i* 1 बल डालना या पड़ना, झुर्रियाँ डालना या पड़ना, शिकन डालना या पड़ना, 2 (धातु की चादर, कागज़, गत्ते आदि को) नालीदार बनाना, लहरिया डालना; **corrugation** *n* 1 वलि; लहर, नाली, 2 वलीयन

corrupt^{1} करप्ट *a* 1 गला-सड़ा, खराब, 2 दुराचारी, दुश्चरित्र, दुष्ट, बदचलन, नीच, पतित, भ्रष्ट, 3 घूसखोर, रिश्वत लेने वाला, बेईमान, 4 अशुद्ध, विकृत, गलतियों से भरा हुआ, ~ text भ्रष्ट पाठ, ~ language अशुद्ध भाषा; ~ **practices** रिश्वत देना या लेना, रिश्वतखोरी, घूसखोरी, भ्रष्टाचार; ~**ness** 1 खराबी, 2 भ्रष्टाचार, 3 (of lang) भ्रष्टता

corrupt^{2} *vt* & *i* 1 बिगाड़ना, खराब करना, विकृत करना [our morals have been ~ed]; 2 रिश्वत या घूस देना, घूस देकर भ्रष्ट करना [to ~ the electorate], 3 (भाषा को) अशुद्ध बनाना, बिगाड़ना, 4 *vi* गलना-सड़ना, बिगड़ना, खराब होना आदि

corruptible *a* 1 बिगड़ने वाला, 2 भ्रष्ट या पतित होने वाला, 3 घूस लेने वाला

corruption करप्शन *n* 1 गलना-सड़ना, खराब होना, क्षय, भ्रष्टाचार, घूसखोरी, रिश्वत, बेईमानी, 3 (भाषा आदि का) बिगड़ना, विकृत होना, भ्रष्ट होना, भ्रष्ट रूप, अपभ्रंश, 4 ~ **of blood** (*hist*) =attainder, नागरिक अधिकारों से वंचित होना, अधिकार-लोप

corset कॉर्सिट *n* चोली, अंगिया

corslet, corse-कॉर्स्लिट *n* 1 कवच, बक्तर, वक्षस्त्राण, 2 (बिना बाज़ू की) चोली

cortege कॉर्टेश्ज़ *n* 1 नौकर-चाकर, अनुचर-गण, 2 जलूस; (वि० बड़े आदमी की) शवयात्रा

cortex कॉर्टेʹक्स *n* 1 छाल, वल्कल, छिलका, 2 मस्तिष्क का बाहरी भाग; गुर्दे का बाहरी भाग

coruscate कोʹरस्केट *vi* चमकना, दमकना, चमचमाना, किरणें फैलाना; **coruscation** *n* चमक, दमक, चमक-दमक, चमचमाहट, दीप्ति

co-sharer *n* हिस्सेदार

co-signatory कोसिग्न-टरि *a* & *n* सह-हस्ताक्षरकर्ता

cosmetic कोʹज़्मेʹटिक *a* & *n* केश, त्वचा आदि को सुन्दर बनाने वाली (सामग्री), कांतिवर्द्धक या सौन्दर्यवर्द्धक (द्रव्य), अंगराग, (क्रीम, पाउडर आदि)

cosmic कोʹज़्मिक *a* 1 ब्रह्मांड-संबंधी, विश्व-संबंधी, ब्रह्मांड का, विश्व का, ~ **rays**, ~ **radiation** बाह्य अन्तरिक्ष से निकल कर पृथ्वी पर चारों ओर से फैलने वाली अत्यन्त वेधनशील ऊर्जामयी किरणें, अन्तरिक्ष-किरण; अन्तरिक्ष-विकिरण, 2 अन्तरिक्षयात्रा संबंधी; अन्तरिक्षयात्रा

करने वाला [~ rocket etc]

cosmodrome कॉज़्म-ड्रोम *n* अन्तरिक्षयान का अड्डा, अन्तरिक्षी अड्डा

cosmogonic(al) *a* सृष्टिसिद्धान्त-संबंधी (see foll)

cosmogony कॉज़्मॉगनि *n* 1 सृष्टि, ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति, 2 इस विषय में सिद्धान्त कि सृष्टि कैसे हुई, ब्रह्माण्डोत्पत्ति-सिद्धान्त

cosmographic *a* (f. foll) ब्रह्माण्ड-वर्णन-संबंधी

cosmography कॉज़्मॉग्रफ़ि *n* ब्रह्माण्ड-वर्णन, विश्व-वर्णन, ब्रह्माण्ड अथवा पृथ्वी का मानचित्रसहित वर्णन

cosmology कॉज़्मॉलजि *n* ब्रह्माण्डविज्ञान, ब्रह्मांडिकी

cosmopolitan कॉज़्म-पॉलिटन *a* & *n* 1 सार्वभौम, सार्वदेशिक, सर्वदेशीय, विश्वजनीन, Delhi is a ~ city दिल्ली में दुनिया के (लगभग) सभी देशों के लोग रहते हैं, 2 राष्ट्रीयता के बंधनों से मुक्त (व्यक्ति), सब देशों को अपना देश समझने वाला, विश्वनागरिक, विश्वप्रेमी; ~**ism** *n* सर्वदेशीयता, सार्वभौमिकता, विश्वनागरिकता ; सब देशों को अपना देश समझना, विश्वप्रेम, विश्वबन्धुत्व; **cosmopolite** कॉज़्म-पलाइट *n* & *a* 1 विश्वनागरिक, 2 राष्ट्रीय पक्षपात से मुक्त, विश्वहितैषी, 3 विश्वभर में पाया जाने वाला प्राणी या पौधा

cosmos कॉज़्मॉस *n* 1 विश्व, ब्रह्माण्ड, 2 (कोई भी) सुव्यवस्थित शास्त्र, सुव्यवस्थित सिद्धान्त-निकाय, 3 अनुभव का साकल्य या सामग्र्य, सकल या समग्र या समस्त अनुभव

Cossack कॉसैक *n* कज़्ज़ाक, मुख्यत: दक्षिण-पूर्वी रूसी प्रदेश में रहने वाली जाति-विशेष

cost^1 कॉस्ट *n* 1 कीमत, मूल्य, **prime** ~ (= ~ price) खरीद की कीमत, क्रय-मूल्य, लागत-कीमत, 2 उत्पादन की लागत, व्यापारी की लागत, factory ~ कारखाने में पड़ी लागत, 3 in *pl* ~s खर्च, खर्चा (जो मुकदमा जीतने वाले को मिलता है), 4 समय या मेहनत का लगना, खर्च; **at the cost of** खो कर, दे कर, गँवा कर, नुक्सान उठा कर, **at the ~ of** one's life जान देकर, प्राण गँवा कर, 5 **at any ~, at all ~s** चाहे कितनी ही हानि क्यो न हो, चाहे कितना ही कष्ट क्यों न हो, चाहे कितना ही नुक्सान क्यों न उठाना पड़े, चाहे कितना ही महँगा क्यों न पड़े, किसी भी कीमत पर, हर हालत में, चाहे कुछ भी हो, 6 I learnt it to my ~ मैंने नुक्सान उठा कर यह सीखा है।, 7 *comb:* ~ **accounting** उत्पादन या व्यापार के खर्च का मदवार हिसाब, लागत-लेखा विधि, ~ **accountancy** लागत-लेखा विधि या शास्त्र; ~ **accountant** लागत-लेखापाल; ~ **of living** निर्वाह खर्च

cost^2 *vt* & *i* (cost) 1 मूल्य होना, कीमत या लागत पड़ना, दाम लगना, 2 (समय, श्रम आदि) लगना, पड़ना, खर्च होना, खपना; this job ~s infinite labour इस काम में बेहद मेहनत लगती है, 3 नुक्सान या हानि या क्षति होना, खोना, हाथ धोना, disobedience cost him his job, आज्ञा न मानने के कारण उसे नौकरी से हाथ धोने पड़े; disobedience ~ him **dear(ly)** आज्ञा न मानने का उसे भारी दण्ड मिला, आज्ञा न मानना उसे बहुत महँगा पड़ा, 4 *vt* (*pt*, *pp* ~ed) लागत का हिसाब लगाना, to ~ an article किसी वस्तु की लागत-कीमत का हिसाब लगाना, to ~ a job किसी काम पर आने वाले कुल खर्च का हिसाब या अनुमान लगाना; ~**ing** *n* लागत-मूल्य निर्धारित करना, लागत-निर्धारण

coster-monger कॉस्टर्-मंगर *n* रेढ़ी पर रख कर फल-सब्ज़ी बेचने वाला, फेरी वाला

costive कॉस्टिव *a* जिसे कब्ज़ हो, बद्धकोष्ठ; *fig* कंजूस

costly *a* बहुमूल्य, मूल्यवान, कीमती, महँगा

costume कॉस्ट्यूम *n* & *vt* 1 देश या वर्ग या काल-विशेष की पोशाक, पहनावा, परिधान, वस्त्राभूषण, बाना, 2 कपड़े पहनने और बाल बनाने का ढंग, वेशभूषा, सज्जा, ~ **piece, play** नाटक जिसमें अभिनेता ऐतिहासिक वस्त्राभूषण पहनते हैं; *vt* वस्त्राभूषण पहनाना, वेशभूषा से सुसज्जित करना, वेश बनाना; **costumier, -mer** *n* (नाटक आदि के लिये) पोशाक बनाने या बेचने वाला, दर्जी; परिधान-विक्रेता

cosy कोज़ि *a* (of place) 1 सर्दी से सुरक्षित, किंचित् उष्ण, कुछ-कुछ गरम (जहां बैठना सुखकर हो), सुखद, आराम देने-वाला, आरामदेह, 2 (of person) किंचित् उष्ण स्थान में सुख से बैठा हुआ, [I am ~; this place is ~ , it is ~ here]

cot^1 कॉट *n*(*poet* for cottage) कुटिया, झोंपड़ी

cot^2 *n* (Anglo-Ind) खाट, चारपाई, खटोला (बच्चों, बीमारों के लिए) झूलने वाली खाट या खटोला

cote कोट *n* (पक्षियों का) दरबा [dove-~]; (पशुओं का) बाड़ा [sheep -~]

coterie कोटरि *n* मंडली, गोष्ठी, समान (साहित्यिक, व्यावसायिक आदि) रुचि वाले व्यक्तियों की मंडली (जिसमें भिन्न रुचि वाले लोगों को न लिया जाये), गुट

coterminous कोटर्मिनस a = conterminous 2

cottage कॉटिज *n* 1 (मजदूरों, देहातियों की) झोंपड़ी, कुटी, कुटीर, कुटिया, 2 देहात में बना छोटा सा (सुन्दर) मकान (जो किसी धनी शहरी का भी हो सकता है), छोटी कोठी, छोटा बंगला; **cottage industry** कुटीर उद्योग, घरेलू उद्योग; ~**r** *n* झोंपड़ी में रहने वाला

cotton^1 कॉटन *n* 1 कपास, रूई, 2 कपास का पौधा, gun ~ (see gun); ~**-cake** बिनौले की खली (जो पशुओं को खिलाई जाती है; ~

waste रद्दी सूत (जो मशीनें साफ़ करने के काम आता है), ~ **wool** बिना घुनी हुई रूई, ~ **yarn** सूत, सूती धागा, ~**-tail** साधारण अमरीकी खरगोश; ~**-seed** बिनौला

cotton^2 *vi* to ~ together; to ~ **with** each other परस्पर सहमत होना, अनुकूल होना; **to ~ up to s.o.** किसी से मेल-जोल बढ़ाना, मित्रता का प्रस्ताव करना, **to ~on (to)** (*sl*) समझना; **to ~ on to s.o., sth** (वस्तु या व्यक्ति) अच्छा लगना

couch^1 काउच *vt* & *i* 1 लिटाना (now only in *pp*) to be ~ed on the ground etc धरती पर लेटना, 2 (वार करने के लिए बर्छी आदि अस्त्र को) तौलना, 3 **to ~ cataract**; **to ~ a person's eye** किसी (की आंख) का मोतियाबिन्द निकालना, 4 व्यक्त करना, to ~ a request **in** writing प्रार्थना को लिख कर व्यक्त करना, The letter (*or* request) was ~ed **in** polite terms पत्र विनीत भाषा में लिखा हुआ था (प्रार्थना विनीत शब्दों में व्यक्त की गई थी), 5 *vi* (in *pp*, of animals) लेटना, दुबकना, दुबक कर बैठना, 6 घात लगाना

couch^2 *n* 1 सोफ़ा, 2 (डाक्टर के यहां रोगी के लिए) पलंग, कोच

cough कॉफ़ *n*, *vi* & *t* खांसी, कास, ~-drop खांसी की दवा; *vi* खाँसना, खखारना; *vt* to ~ **out sth** खाँस कर या खखार कर निकालना, to ~ **up** sth खाँसते हुए कहना; to ~ **down** a speaker खाँस-खाँस कर वक्ता को चुप करा देना

coulter कोल्टर *n* हल के नीचे लगा फल, फाल

council काउन्सल *n* परिषद्, सभा, Legislative C~ विधान-परिषद्, C~ of States राज्यसभा, C~ of War युद्ध-परिषद् ~-chamber, ~-house परिषद्-भवन

councillor काउन्सलर *n* परिषद् का सदस्य, पारिषद्; पार्षद; ~**ship** *n* परिषद् की सदस्यता

counsel^1 काउन्सल *n* 1 परामर्श, सलाह, सम्मति, मन्त्रणा, मशविरा, **to take counsel (with s.o.)** किसी की सलाह लेना, किसी के साथ विचार-विमर्श करना, **to keep one's own counsel** अपना इरादा या विचार किसी को न बताना, गुप्त रखना [The P.M. has so far kept his own ~, but his deputy has spoken], 2 वकील, बैरिस्टर, कानूनी परामर्शदाता, **defence counsel** अभियुक्त का वकील, **King's, Queen's ~**, सम्राट्, सम्राज्ञी, का वकील

counsel^2 *vt* (-ll-) सलाह देना, परामर्श देना, सम्मति देना, राय देना, सिफ़ारिश करना [to ~ **s.o. to do sth**], to ~ s.o. some line of action किसी को अमुक ढंग की कार्यवाही करने की सलाह देना [I ~led him patience], to ~ **s.o.** that...किसी को सलाह देना कि....; **counsellor** *n* 1 परामर्शदाता, सलाहकार, 2 (U.S.) वकील, बैरिस्टर

count^1 काउन्ट *n* गणना, गिनती, हिसाब, **to keep ~ of** गिनते रहना, ख्याल रखना कि कुल कितने गिने जा चुके हैं, **to lose ~ of** गिनती का ख्याल न रहना, 2 कुल गिनती, कुल संख्या, कुल जोड़, 3 *law* अभियोग की मद, कोई एक अपराध; the accused was awarded 3 years on each count अभियुक्त को प्रत्येक अपराध के लिए तीन-तीन वर्ष की सज़ा मिली, 4 *tex* धागों की संख्या, सूत्र-संख्या, 5 *box* (गिरे हुए घूंसे बाज़ को उठने के लिए दिया गया) दस सेकण्ड का समय, **to take the ~**; **to be out for the ~** (दस सेकण्ड में न उठने के कारण) हार जाना, 6 **count-down** *n* राकेट छोड़ने के समय की जाने वाली उल्टी गिनती (*e.g.* 10, 9, 8,....3, 2, 1, 0), प्रतीप गणना; ~**less** *a* अनगिनत, असंख्य

count^2 *vt* & *i* 1 गिनती करना, गणना करना, गिनना; हिसाब लगाना, 2 गिनती में होना, महत्व रखना, मूल्यवान् होना he does not ~ वह किसी गिनती में नहीं है, his opinion does not ~ उसकी राय का कोई महत्त्व नहीं है, every minute ~s एक-एक मिनट बड़ा कीमती है; **to ~ for much** बहुत महत्त्व रखना, बहुमूल्य होना, **to ~ for nothing** कोई महत्त्व न रखना, 3 **to ~ on, upon, s.o., sth** किसी से आशा रखना, किसी पर भरोसा रखना, किसी के भरोसे रहना, 4 **to ~ down** उल्टी गिनती करना (see prec. 6)

count^3 *n* (यूरोपियन) नवाब, सामन्त, (fem. ~ess)

countenance^1 काउन्टि-नन्स *n* 1 मुख, चेहरा, मुख-मुद्रा, मुखाकृति, **to keep one's ~** शान्त रहना (वि० हँसी रोकना), **to change ~** मुखाकृति बदलना, 3 शान्तभाव, धैर्य्य, **to put s.o. out of ~** घबरा देना, अशान्त या क्षुब्ध कर देना, **to lose ~** घबरा जाना, अशान्त हो उठना, 4 समर्थन, अनुमोदन **to give ~ to s.o.** समर्थन करना, प्रोत्साहित करना, to give ~ **to** sth (*e.g.* a plan etc) अनुमोदन या समर्थन करना

countenance^2 *vt* 1 (किसी काम का) समर्थन करना, स्वीकृति देना, अनुमोदन करना, होने देना, गवारा करना [**to ~ a fraud**], 2 (व्यक्ति का) समर्थन करना, प्रोत्साहित करना [to ~ s.o. in some practice]

counter^1 काउन्टर *n* 1 दुकानदार की मेज (जिस पर रुपया लेकर गाहक को माल देते हैं), बैंक की मेज़ (जिस पर रुपया लेते-देते हैं), काउंटर, **under the ~** गुप्त रूप से, चोरी-छिपे, 2 गिनने वाला, गणक

counter^2 *a* 1 विरुद्ध, विपरीत, प्रतिकूल, उल्टा, 2 विरोधी, मुखालिफ़

counter^3 *vt & i* 1 विरोध करना, काट करना, जवाबी कार्यवाही करना, जवाब या विरोध में (कार्यवाही) करना [he ~ed my proposal with one of his own], 2 खंडन करना, प्रत्याख्यान करना, 3 (chess) चाल को तोड़ना, 4 *box* विरोधी का वार रोकते हुए स्वयं वार करना

counter^1 *adv* विपरीत दिशा में, **to go, hunt, run, ~** जिस दिशा में शिकार गया हो उससे उल्टी दिशा में जाना, **to act, go, counter to** one's instructions, wishes, etc. किसी के आदेश, इच्छा, के प्रतिकूल आचरण करना; **to run ~ to** के प्रतिकूल होना

counteract काउन्ट-रैक्ट *vt* 1 विपरीत कार्यवाही कर के विफल कर देना या रोक देना, 2 बेकार कर देना, निष्प्रभाव कर देना, प्रभाव-हीन कर देना, बे-असर कर देना; **-~ion** *n* 1 प्रतिकार, रोकथाम, जवाबी कार्यवाही, 2 विफलीकरण

counter-agent *n* (क्रिया को) विफल करने वाली शक्ति, प्रतिकारक

counter-attack *n & vt & i* जवाबी हमला या कार्यवाही (करना), प्रत्याक्रमण (करना)

counter-attraction *n* 1 विरोधी आकर्षण, मुकाबले का आकर्षण, मुख्य आकर्षण का प्रभाव कम करने वाला दूसरा आकर्षण [The film-festival is a ~ to the industrial exhibition], 2 *chem* प्रत्याकर्षण

counterbalance *n & vt* प्रतितोल, प्रतिसंतुलन, (भार का) समतोल (दूसरा भार), धड़ा; *vt* 1 प्रतितोल होना, प्रतिसंतुलित करना, धड़ा करना, 2 (किसी के प्रतिकूल) बराबर का प्रभाव डालना, व्यर्थ कर देना

counterblast *n* मुँहतोड़ जवाब

counterchange *vt & i* परस्पर बदली करना या बदलना, अदला-बदली करना, विनिमय करना; *vi* परस्पर जगह या काम का बदलना

countercharge *n & vt* 1 आरोप के जवाब में लगाया गया आरोप, प्रत्यारोप, 2 अभियोक्ता पर लगाया गया अभियोग, प्रत्यभियोग; *vt* प्रत्यारोप लगाना

countercheck *n* जवाबी रोक, एक रोक को निष्फल करने वाली दूसरी रोक

counter-claim *n & vt* 1 जवाबी मांग, मांग के जवाब में की गई माँग, 2 जवाबी दावा, अभियुक्त या प्रतिवादी द्वारा किया गया दावा; *vt* जवाबी मांग या दावा करना

counter-clockwise (see clock) वामावर्त

counter-espionage काउन्टर्-ऍस्पियनाश्ज़ *n* शत्रु के जासूसों पर जासूसी करना, जवाबी जासूसी

counterfeit^1 काउन्टर्-फ़िट,-फ़ीट *a & n* (of coins, writing, person, etc) नकली, जाली, खोटा, बनावटी, झूठा, जो असली न हो; *n* नकली चीज़, कूट

counterfeit^2 *vt* 1 नकली (चीज़) बनाना, जाली (सिक्का, नोट) बनाना, जाली (लिखावट) लिखना, जालसाज़ी करना, 2 स्वांग करना, ढोंग करना [to ~ anger, love, etc], 3 *fig* बिल्कुल मिलता-जुलता होना, हूबहू होना

counterfoil *n* चैक, सरकारी रसीद आदि का दूसरा भाग जो देने वाले के पास रहता है, प्रतिपर्ण, प्रतिपत्रक, मुसन्ना, अधपन्ना

counter-irritant *n* 1 किसी रोग का इलाज करने के लिए त्वचा पर जलन पैदा करने वाली चीज़, प्रदाहोत्पादक, 2 *fig* प्रतिक्षोभक, प्रतिक्षोभकर, क्षोभ के विरुद्ध क्षोभ पैदा करने वाली बात

countermand *vt & n* 1 (पहले दिये गये आदेश को) मंसूख करना, रद्द करना, वापस लेना [to ~ an order], 2 (व्यक्ति, सेना आदि को नया आदेश देकर) वापस बुला लेना, 3 (माल के लिए दिया गया आर्डर) मंसूख करना; *n* (पहले आदेश को) मंसूख करने वाला आदेश, प्रत्यादेश

countermarch *vi & t & n* विपरीत दिशा में मार्च करना या कूच करना, विपरीत दिशा में ले जाना या भेजना; *n* विपरीत दिशा में कूच या प्रस्थान या यात्रा

countermeasure *n* जवाबी उपाय या कार्यवाही, तोड़, काट , प्रत्युपाय

countermine *n* (*mil*) शत्रु की सुरंग को नष्ट करने वाली सुरंग, जवाबी सुरंग

countermove *n* जवाबी कार्यवाही या चाल

counter-offensive *n* जवाबी हमला, प्रत्याक्रमण

counter-offer *n* जवाबी प्रस्ताव

counterpart *n* 1 उसी तरह की दूसरी चीज़, प्रतिवस्तु, 2 नकल, दूसरी प्रति, प्रतिपर्ण, 3 समान दर्जे वाला दूसरा व्यक्ति, समान पद वाला दूसरा (या दूसरे पक्ष का) अधिकारी, the Indian Finance Minister and his Pakistani ~ भारतीय वित्तमन्त्री और पाकिस्तानी वित्तमंत्री

counterplot *n & vt* षड्यन्त्र को विफल करने के लिए षड्यन्त्र, जवाबी षड्यन्त्र; *vt* जवाबी षड्यन्त्र रचना

counterpoise^1 *n* 1 संतुलित करने के लिए दूसरे पलड़े में रखा गया भार या बाट, प्रतितोल, पासंग, 2 प्रतिपक्ष में प्रस्तुत समान बल वाला तर्क, प्रभाव आदि, 3 संतुलन, समतोल

counterpoise^2 *vt* 1 किसी के बराबर का भार होना, प्रतिसंतुलित करना, 2 क्षतिपूर्ति करना, कमी पूरी करना, 3 संतुलित करना, सन्तुलन बनाये रखना

counter-productive *a* जिसका प्रभाव या परिणाम उल्टा हो, लाभ के बजाय हानि करने वाला, हानिकर [The controls are likely to prove ~]

counter-revolution *n* एक प्रकार की क्रान्ति के विरुद्ध दूसरे प्रकार की क्रांति, प्रतिक्रान्ति; **counter-revolutionary** *n* प्रतिक्रान्तिकारी

countersign *n* & *vt* 1 संकेत शब्द, शत्रु और मित्र की पहचान कराने वाला शब्द (= password), 2 पहचान कराने वाला चिन्ह, पहचान; *vt* 1 एक व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किये हुए कागज़ पर दूसरे व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर करना, प्रतिहस्ताक्षर करना. 2 पुष्टि करना; **countersignature** *n* प्रतिहस्ताक्षर

countervail *vt* & *i* प्रतिसंतुलित करना; क्षतिपूर्ति करना; **countervailing duty** एक देश जिस माल के निर्यात-हेतु आर्थिक सहायता देता है दूसरे देश में उसके आयात पर लगने वाला अतिरिक्त आयातकर, प्रतिकारी शुल्क

counter-weapon *n* जवाबी अस्त्र या हथियार

counterweight *n* प्रतिसतुलन करने वाला भार, प्रतिभार

country कन्ट्रि *n* 1 देश, प्रदेश, जन्मभूमि, वतन, मुल्क, 2 गांव, देहात, देहाती इलाका; (*attrib*) ∼ **cousin** देहाती चाल-ढाल का संबंधी, ∼ **house** गांव में बना (प्राय: रईस का) मकान, ग्राम्य आवास, ∼ **liquor** देसी शराब, ∼**side** देहात, देहाती इलाका; देहाती लोग

countryman *n* (fem ∼woman) 1 अपने देश का आदमी, स्वदेशवासी, देशभाई, 2 देहाती आदमी, देहात का रहने वाला, किसान

county काउन्टि *n* (ब्रिटेन और आयरलैण्ड में) ज़िला, मण्डल

coup F कू *n* सफल चाल, सफल वार, कारी चोट, तीव्र आघात, **coup d'etat** (कू-देता) (अवैध या हिंसात्मक ढंग से) सरकार का तख़्ता पलटना, राज्य-विप्लव, ∼ **de grace** (कू दग्रास) प्राणान्तक आघात, घातक वार, जान-लेवा चोट, ∼ de theatre (कू द तेआत्र) नाटकीय या सनसनीपूर्ण घटना या कार्यवाही, नाटकीय कृत्य

coupé कूपे *n* 1 *hist* दो सवारियों के लिए चार-पहिये की बन्द गाड़ी या बग्घी, दो सीटों की मोटर; (ट्रेन में) छोटा डिब्बा

couple[1] कपल *n* 1 दो शिकारी कुत्तों को साथ-साथ बांधने का पट्टा, (*fig*) **to go, hunt, run, in** ∼**s** दो-दो का साथ-साथ रहना, 2 जोड़ा, जोड़ी, युग्म, पुरुष और स्त्री जिनका विवाह या सगाई हुई हो, वर-वधू, दम्पती, पति-पत्नी, 3 **a** ∼ **of** दो; कुछ ही; **in a** ∼ **of days** दो-एक दिन में, एक-दो दिन में

couple[2] *vt* & *i* 1 जोड़ना [to ∼ two coaches; *vi* to ∼ **on a coach**], 2 ब्याह देना, विवाह करना, 3 विचार में दो बातों को संबंधित करना, संबंधित समझना, 4 *vi* (of animals) मैथुन करना; ∼**r** *n* योजक

couplet कप्लिट *n* दो पंक्तियों का पद्य, द्विपदी (*e.g.* दोहा, सोरठा आदि) [*dim* of couple]

coupling कप्लिङ्ग *n* 1 जोड़ना. 2 रेल के डिब्बों को जोड़ने का कुंडा, मशीन के पुर्ज़ों को जोड़ने का काँटा आदि

coupon कूपन *n* 1 राशन की चीज़ें (खाद्य, पेट्रोल आदि) प्राप्त करने का टिकट, 2 विक्रेता द्वारा विक्रेय माल के साथ दिया गया टिकट जिस पर क्रेता को कोई चीज़ मुफ़्त मिल सकती है; कूपन, पर्ची, पत्रक, चिट

courage करिज *n* 1 साहस, हिम्मत, दिलेरी, बहादुरी, वीरता, 2 **to have** ∼ हिम्मत रखना, 3 **to take, pluck up, muster up,** ∼ साहस या हिम्मत करना, 4 **to lose** ∼ हिम्मत हारना, **to take one's** ∼ **in both hands** (कठिन या संकटपूर्ण काम के लिए) हिम्मत बांधना, साहस बटोरना; Dutch ∼ शराब पीने से आने वाली हिम्मत, 5 **to have the** ∼ **of one's convictions, opinions** अपने विश्वासों (या विचारों) को कार्यान्वित करने का साहस रखना

courageous करेजस *a* 1 साहसी, हिम्मती, दिलेर, बहादुर, वीर; साहसपूर्ण, साहस का, हिम्मत का, 2 निर्भीक; निडर, निर्भीकता का, निडरता का; ∼ly *adv* साहस से, हिम्मत से, निर्भीकता से

courier कुरिअर *n* 1 सन्देश ले जाने वाला, सन्देशवाहक, हरकारा, 2 (यात्रीदल का) पथप्रदर्शक एवं सहायक

course[1] कॉर्स *n* 1 गति, प्रगति, आगे बढ़ना, 2 (गति की) दिशा, मार्ग, रास्ता; to change one's ∼ दिशा बदलना, मार्ग बदलना, 3 *fig* काम, आचरण, चर्या, पद्धति, तरीका, रास्ता, चारा, उपाय a dangerous ∼ खतरनाक रास्ता या काम, the best ∼ सब से अच्छा तरीका, the right ∼ ठीक तरीका, ठीक काम, **to run, take, its** (*or* **their**) ∼ स्वाभाविक क्रम पूरा करना या होना; let things take their ∼ जो हो रहा है उसे पूरा होने दो, 4 **in the** ∼ **of nature** घटनाओं के स्वाभाविक क्रम से, जैसा कि होना ही था, 5 दौरान, **in the** ∼ of the meeting बैठक के दौरान, **in (the)** ∼ **of time** समय पाकर, कुछ समय बीतने पर, **in due** ∼ उचित समय आने पर, 6 **of course** स्वभावत:, निस्सन्देह; अवश्यमेव, **a matter of** ∼ स्वाभाविक या प्रत्याशित बात, 7 ∼ **of** lectures भाषण-माला, व्याख्यान-माला; ∼ of study पाठ्यक्रम, पाठ्य पुस्तक, 8 नाली, नाला, 9 **race-**∼ **घुड़दौड़ का मैदान; golf-course** गोल्फ़ का मैदान; **to stay the course** अन्त तक डटे रहना, 10 खाने का क्रम, बारी-बारी से परोसी जाने वाली चीज़े (शोरवा, मछली, गोश्त आदि), दौर, 11 (ईंट-पत्थर का) रद्दा

course[2] *vt* & *i* 1 (शिकार का) पीछा करना; (कुत्तों को) शिकार के पीछे दौड़ाना, 2 (of liquids) बहना, प्रवाहित होना [**the blood courses through the veins**]

courser कॉर्सर *n* (*poet*) तेज़ दौड़ने वाला घोड़ा

court[1] कॉर्ट *n* 1 = **courtyard** आंगन, प्रांगण, सेहन, 2 = ∼ of law, ∼ of justice, ∼

of judicature न्यायालय, अदालत, कचहरी, 3 अदालत का कमरा, **to settle a case out of court** (वादी प्रतिवादी का) मामले को सुलह-सफाई से निपटा लेना; **out of court** (मुकदमा, वादी) जिसकी सुनवाई न हो सके; **to be ruled, put, out of court** मुकदमा खारिज कर दिया जाना; सुनवाई का हक न रहना; **civil ~** दीवानी अदालत, **criminal ~** फ़ौजदारी अदालत, **high ~** उच्च-न्यायालय, **sessions ~** सत्र न्यायालय, **supreme ~** सर्वोच्च न्यायालय, **~ of appeal** पुनर्विचार न्यायालय, **~ martial** फ़ौजी अदालत, सैनिक न्यायालय (~-martial *vt* फ़ौजी अदालत में मुकदमा चलाना), 4 दरबार, राजदरबार, राजसभा, दरबारी लोग, 5 प्रेम, भक्ति आदि की अभिव्यक्ति, **to pay ~ to s.o.** प्रेम आदि व्यक्त करना, अनुग्रह-याचना करना, 6 **The ball is in your court** (*fig*) अब आगे की कार्यवाही तुम्हें करनी होगी

court^2 *vt* 1 दरबारदारी करना, सेवा के लिए साथ-साथ रहना, 2 (युवती, स्त्री के प्रति) विवाह के विचार से प्रेम व्यक्त करना, प्रेमाचार करना, रिझाना, 3 to ~ s.o. into, to, from, sth फुसला कर किसी से कोई काम करवाना (into, to), किसी को किसी काम से हटाना (from), 4 चाहना, पाने की इच्छा करना, मांगना, प्रार्थना करना, to ~ danger (मूर्खता से) खतरा मोल लेना, **to ~ arrest** अपने आप को गिरफ़्तारी के लिए पेश करना, अपने आपको गिरफ़्तार कराना, you are ~ing disaster तुम विनाश को बुलावा दे रहे हो

courteous कर्टियस *a* 1 नम्र, विनीत, शिष्ट, भद्र, सुशील, शालीन [~ to, **towards**, s.o.], 2 नम्रतापूर्ण, शिष्टतापूर्ण, शिष्टता का (व्यवहार आदि); ~ly *adv* नम्रता से, शिष्टता से

courtesan कॉर्टिज़ैन *n* वेश्या, वारांगना

courtesy कर्ट-सि *n* 1 नम्रता, शिष्टता, शालीनता, सौजन्य, कृपा, by **courtesy of** के सौजन्य से, की कृपा से, 2 शिष्टाचार, **~ call** शिष्टाचारी या शिष्टाचारिक भेंट

courtier कॉर्‌टियर *n* दरबारी, राजसभासद्

courtly कॉर्ट्‌लि *a* 1 शिष्ट, विनीत, शिष्टतापूर्ण, शिष्टता का, शानदार, 2 चापलूस, चापलूसी का, खुशामदी, खुशामद का

courtship कॉर्ट्‌शिप *n* विवाह के विचार से (पुरुष की स्त्री के प्रति) प्रेमाभिव्यक्ति, प्रेम-प्रस्ताव, प्रणय-याचना

cousin कज़न *n* 1 (= **first ~; ~ german**) चचेरा भाई, चचेरी बहन, फुफेरा भाई, फुफेरी बहन, मौसेरा भाई, मौसेरी बहन, ममेरा भाई, ममेरी बहन, 2 **my second ~** मेरे पिता या मेरी माता के चचेरे (फुफेरे आदि) भाई या चचेरी (फुफेरी आदि) बहन का लड़का या लड़की [N.B. Don't say 'my cousin brother' or 'my cousin sister' but only 'my cousin'], 3 **first ~ once removed** चचेरे भाई का लड़का आदि

cove^1 कोव *n* 1 छोटी या सकरी खाड़ी, नदी की छोटी शाखा, 2 दीवार को पीछे हटा कर बनाया गया स्थान जो धूप, आंधी, वर्षा आदि से सुरक्षित हो, आला, ताखा, खोह, गुफा

cove^2 *n* (*sl*) आदमी [a queer ~]

covenant कवनन्ट *n* & *vt* & *i* संविदा, प्रसंविदा, समझौता, सौदा, करार, इकरार, **deed of ~** लिखित प्रतिज्ञा, प्रतिज्ञापत्र; *vi* & *t* संविदा या इकरार करना [**to ~ (with s.o.) for sth, to do sth, that**] ; **~ed** *a* (प्र)संविदाबद्ध

Coventry कवन्ट्रि *n* वारविक् शायर (इंग्लैंड में) एक औद्योगिक नगर, **to send s.o. to ~** किसी का जाति-बहिष्कार करना, हुक्का-पानी बन्द करना

cover^1 कवर *vt* 1 ढकना, ढांपना, मढ़ना, छा जाना, ओढ़ाना, 2 (पहाड़ी, किले आदि का) इतनी ऊँचाई पर होना जहां से किसी इलाके पर हमला किया जा सके, जहां से कोई इलाका स्पष्ट दिखाई दे [the fortress ~s the enemy camp]; बन्दूक-तोप आदि की मार में होना [our guns ~ the enemy camp]; to ~ s.o. with gun, revolver किसी पर बन्दूक, पिस्तौल, तानना, 3 *mil* बचाना, आड़ करना, आड़ में लेना the cavalry ~ed the retreat घुड़सवार सेना ने पीछे हटती हुई सेनाओं का बचाव किया, 4 *crick* खिलाड़ी के पीछे खड़ा होना (ताकि यदि अगला खिलाड़ी गेन्द न बोच सके तो पीछे वाला बोच ले), 5 समाविष्ट करना, शामिल करना, The explanation covers all the points इस स्पष्टीकरण में सब बातें आ गई हैं, 6 to ~ a distance दूरी तय करना, पार करना, 7 बीमे द्वारा सुरक्षा करना [I am ~ed], 8 to ~ a deficit घाटे को (टैक्सों द्वारा) पूरा करना, 9 to ~ one's expenses खर्चे के लिए काफ़ी होना, 10 (सांड का) मैथुन करना, 11 (of a journalist) समाचार देना, **to ~ up** ढक लेना; छिपाना, पता न लगने देना, 12 **covering letter** (दस्तावेज आदि के) साथ लगा व्याख्यात्मक पत्र, साथ का पत्र

cover^2 *n* 1 ढक्कन, ढकना; आवरण, 2 (किताब की) जिल्द, जिल्द का पन्ना, to read a book **from cover to cover** पुस्तक को आद्योपान्त पढ़ना, 3 लिफ़ाफ़ा, **under separate cover** अलग या दूसरे लिफ़ाफ़े में, 4 आड़, ओट, रक्षावरण, छिपने की जगह, (*mil*) **to take cover** (from the enemy's fire) शत्रु की गोलाबारी से बचने के लिए सुरक्षित स्थान में जा छिपना, आड़ में हो जाना, 5 आवरण, परदा, **under ~ of darkness, of night** अन्धकार के आवरण में, रात के अन्धेरे में, 6 बहाना, आड़, **under ~ of friendship** दोस्ती का

आड़ में, दोस्ती के बहाने, 7 रक्षा का प्रबन्ध, रक्षा व्यवस्था, 8 **insurance ~** बीमा, बीमे की व्यवस्था, 9 खाने की मेज़ पर प्रत्येक व्यक्ति के लिए रखी गई प्लेट, छुरी-काँटा आदि; ~s were laid for fifteen पन्द्रह व्यक्तियों (या अतिथियों) के लिए मेज़ लगाई गई

coverage कविज *n* 1 (समाचार-साधन द्वारा) समाचार दिया जाना [Radio ~ of the elections], 2 जितने क्षेत्र में, जितने लोगों तक, समाचार-साधन की पहुंच हो [A.I.R., The Statesman, has a wide ~]. 3 (बीमे आदि द्वारा) सुरक्षा की व्यवस्था; सुरक्षार्थ धनराशि

coverlet *n* चादर, पलंग-पोश

covert^1 कवर्ट *a* (of threat etc) छिपा हुआ, प्रच्छन्न; परोक्ष, अप्रत्यक्ष, गुप्त; (of attack) अप्रत्यक्ष

covert^2 *n* छिपने की जगह, आड़ (वि० ऐसी झाड़ी जिस में शिकार छिपा हो)

coverture कवर्चर *n* 1 परदा, ढकना, आवरण, 2 आश्रय, पनाह, शरण, 3 पति का आश्रय (लेना)

covet कविट *vt* 1 प्राप्त करने की इच्छा या आकांक्षा करना, (वि० दूसरे की चीज़ को) चाहना, लालच करना, लालसा करना, लालायित होना

covetous कविटस *a* 1 इच्छुक, लोलुप, लोभी, लालची, ~ of wealth धन-लोलुप; to cast ~ glances on sth ललचाई नजरों से देखना; **~ly** *adv* लालच से, ललचा कर; **~ness** *n* लालच, लालसा, लोलुपता

covey कवि *n* 1 झुंड, ~ of partridges तीतरों का झुंड, 2 परिवार, दल, गिरोह

cow काउ *n* (*pl* ~s, *arch* kine) 1 गाय, 2 हाथी, गैंडे, ह्वेलमच्छली आदि की मादा, **~-elephant** हथिनी, 3 *comb*: **~boy** गाय चराने वाला छोकरा, चरवाहा, **~catcher** (रेल के) इंजन का छाज, **~-dung** गोबर, **~herd** चरवाहा, ग्वाला, **~-pen** गोशाला, **~pox** गाय के थनों पर निकलने वाली चेचक जिससे चेचक का टीका तैयार करते हैं, गो-चेचक, गोमसूरी

cow^2 *vt* डराना, भयभीत करना

coward काउअर्ड *n* & *a* डरपोक, कायर, भीरु, कापुरुष, बुज़दिल, **cowardice** *n* भीरुता, कायरता, बुज़दिली, डरपोकपन, **moral ~ice** इस बात का भय कि लोग क्या कहेंगे, लोकापवाद का भय, जनापवादभीरुता; **~ly** *a* & *adv* भीरु; भीरुता से

cower काउअर *vi* झुक कर खड़ा होना या बैठना, (डरके मारे) झुक जाना, दबकना

cowslip काउस्लिप *n* सुगंधित पीले फूलों वाला जंगली पौधा; **~ tea** इसकी चाय

coxcomb कॉक्सकोम *n* घमंडी और नुमाइशी आदमी (वि० जो अपनी पोशाक का बहुत अधिक ख्याल रखे), छैला; **~ry** कॉक्सकोम्रि *n* अभिमान एवं आडम्बर, छैलापन

coxswain कॉक्स्वेन; कॉक्सन *n* 1 (नाव का) कर्णधार, कनहार, मल्लाह, 2 जहाज़ का स्थानापन्न कप्तान

coy कॉइ *a* 1 (usu of girl) लज्जाशील, शर्मीली, लज्जावती, लजीली (वि० जिसमें दिखावटी लज्जा हो)

cozen कज़न *vt* (*liter*) ठगना, ऐंठना, **to ~ s.o. (out) of sth** किसी से कोई चीज़ ऐंठ लेना, **to ~ s.o. into doing sth** बहका कर किसी से कोई काम करवाना

cozy *a* = cosy

crab^1 क्रैब *n* 1 केकड़ा, 2 C~ कर्क राशि, 3 (भारी वस्तुएं उठाने का) काँटा, 4 **to catch a ~** चप्पू फँस जाना या अटक जाना

crab^2 *vt* & *i* 1 (of hawks) पंजा मारना, नोचना, खरोंटना, 2 *colloq* कटु आलोचना करना, बदनामी करना, निन्दा करना, 2 काम बिगाड़ना

crabbed क्रैबिड *a* 1 (of person) चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज, तुनक-मिज़ाज, कर्कश, रूखा, 2 ज़िद्दी, हठी, 3 (of writings or authors) दुरूह, क्लिष्ट, जो समझ में न आ सके, 4 (of handwriting) टेढा-मेढ़ा, जो पढ़ा न जा सके

crack^1 क्रैक *n* & *a* 1 (कोड़ा लगने, बन्दूक चलने, बादल गरजने का) तीव्र शब्द, तड़ाका, धमाका, गरज, गर्जन, **crack of doom** प्रलय काल का गर्जन, 2 तीव्र आघात या प्रहार या चोट [to give s.o. *or* get a ~ on the head], 3 in a crack एकाएक, तुरन्त, झटपट, 4 चटक, तड़क, दरार, दरज, 5 *colloq* **to have a ~ at sth** (कोई कठिन काम) करने की कोशिश करना, 6 सेंधमार, सेंधमारी, 7 *a* (*colloq*) बहुत बढ़िया, एक नम्बर का [~ regiment]; **~ player** एक नम्बर का खिलाड़ी, 8 **~-brained** (i) सनकी, ख़ब्ती, (ii) मूर्खतापूर्ण [a ~-brained scheme]

crack^2 *vt* & *i* 1 तड़-तड़ शब्द करना, तड़तड़ाना, to crack a whip तड़ातड़ कोड़े लगाना, 2 to **~ a joke** मज़ाक करना, उपहास करना, 3 to ~ a nut बादाम, अखरोट आदि फोड़ना, 4 to ~ one's skull सिर फोड़ना, 5 **to ~ a bottle** (of wine) बोतल खोलना और पी जाना, 6 दरार डालना, दरार पड़ना, तड़कना, चिटकना, 7 गरजना, कड़कना, 8 (साख आदि) खतम करना, नष्ट करना; **to ~ down on s.o., sth** के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करना; **crack-down** *n* कड़ी कार्यवाही, दंड, दमनचक्र, पकड़-धकड़, 9 **~-jaw** (*colloq*) (शब्द) जिसका उच्चारण करना कठिन हो, 10 **cracked** (*colloq*) सनकी, पागल

cracker क्रैकर *n* 1 पटाख़ा, विस्फोटक 2 **nut-~s** (बादाम, अख़रोट आदि) फोड़ने का यन्त्र, सरौता, 3 (U.S.) पतला सूखा बिस्कुट

crackle क्रैकल *vi* & *n* तड़तड़ाना, चटचटाना, चटकना, चिटकना; *n* तड़-तड़ की आवाज़

cracksman क्रैक्स्मैन *n* सेंधमार, चोर

cracky *a* 1 जिसमें बहुत सी दरारें पड़ गई हों, दरारयुक्त

cradle क्रेडल *n* & *vt* 1 (बच्चे का) पालना, झूला, झूलना, हिंडोला, गहवारा; **from the** ~ बचपन या शैशव-काल से; **from the** ~ **to the grave** बचपन से मृत्यु तक, 2 *fig* वह स्थान जहां किसी का आरंभिक अवस्था में पालन-पोषण हो, विकास-स्थल, गहवारा [the Punjab was the ~ of the Aryan civilization], 3 *naut* झूले के समान ढांचा जिस पर जहाज का निर्माण एवं मरम्मत करते हैं, जहाज़ का झूला; *vt* 1 पालने में लिटाना, पालन-पोषण करना, ~d in luxury ऐशो-इशरत में पला हुआ, 2 (जहाज़ को) झूले में रखना

craft क्राफ़्ट *n* 1 कौशल, कुशलता, कारीगरी, 2 चालाकी, चतुराई, धूर्त्तता, मक्कारी, धोखा, 3 कला, शिल्प, **handicraft** दस्तकारी, हस्तकला, हस्तशिल्प, 4 एक व्यवसाय के लोग, 5 नाव, नौका, जहाज़, (*pl* same); **country craft** देसी नौका या नौकाएं

craftsman क्राफ़्ट्स्मन *n* शिल्पी, शिल्पकार, कारीगर, दस्तकार; ~**ship** *n* शिल्पकारिता, कारीगरी, शिल्पकौशल, हुनर, कलाकारिता

crafty क्राफ़्टि *a* चालाक, धूर्त्त, मक्कार, कपटी; घाघ, काइयां, चलता-पुर्ज़ा; **craftiness** *n* धूर्त्तता, मक्कारी

crag क्रैग *n* 1 खड़ी चट्टान, खुरदरी चट्टान; **cragsman** खड़ी और खुरदरी चट्टानों पर आसानी से चढ़ जाने वाला; ~**ged**, ~**gy** *aa* पथरीला, ऊबड़-खाबड़, ऊँचा-नीचा, टेढ़ा-मेढ़ा

cram क्रैम *vt* & *i* & *n* 1 ठूंसना, खचाखच या ठसाठस भरना; to ~ sth **into** sth किसी चीज़ को किसी (पात्र आदि) में ठूंसना या ठसाठस भरना, 3 **to** ~ sth **down** s.o.'s throat किसी से कोई बात बार-बार कहना, 4 डट कर खाना, खूब पेट भर कर खाना, 5 to ~ (for an examination) (परीक्षा के लिए) घोखना, रटना, घोट लेना, घोटा लगाना [to ~ up a subject]; **cram-full** *a, adv* ठसाठस, खचाखच (भरा हुआ)

crammer *n* 1 घोखने वाला, रट्टू (छात्र), 2 रटवाने वाला अध्यापक, 3 रटने की पुस्तक

cramp^1 क्रैम्प *n* एकाएक सर्दी लगने या थकावट के कारण मांस-पेशियों का सिकुड़ना, कुड़वल, ऐंठन, मरोड़

cramp^2 *vt* 1 कुड़वल पड़ना, ऐंठ जाना, सिकुड़ना, 2 **to** ~ **(up)** तंग जगह में बन्द करना, कसना, जकड़ना, 3 **to be, feel, cramped for space** जगह की तंगी के कारण दम घुटना, जगह की तंगी महसूस करना, 4 *fig* नियन्त्रित करना, दबाना, रोकना, अवरुद्ध करना [These difficulties ~ed his progress], 5 शिकंजे से कसना; ~**ed** *a* (of handwriting) (छोटे-छोटे और पास-पास लिखे अक्षरों के कारण) जो पढ़ा न जा सके, दुर्वाच्य

crane^1 क्रेन *n* 1 सारस, 2 भारी वस्तुओं को उठाने का यन्त्र, क्रेन

crane^2 *vt* & *i* 1 क्रेन से उठाना, 2 **to** ~ one's neck गर्दन आगे निकालना; *vi* to ~ **forward** सिर या गर्दन आगे निकालना

cranial क्रेनियल *a* (f. foll) कपाल का, खोपड़ी का, कपालीय

cranium क्रेनियम *n* (*pl* **-ia**) 1 सिर की वे हड्डियां जिन से मस्तिष्क घिरा रहता है, 2 सारे सिर की हड्डियां, कपाल, खोपड़ी

crank क्रैङ्क *n* 1 धुरी का मुड़ा हुआ भाग (जिससे उसे घुमाया जा सकता है), हत्था, क्रैंक; ~**-shaft** हत्थे से घूमने वाली धुरी, क्रैंक-धुरी, 2 घड़ियाल लटकाने का कुंडा, 3 दंड के तौर पर कैदियों से घुमवाया जाने वाला चक्र या पहिया

crank^2 *n* 1 बक-झक, झक-झक, बकवाद [quips & ~s], 2 सनक, झक्क, वहम, 3 सनकी या झक्की या वहमी व्यक्ति

crankle क्रैङ्कल *vi* & *n* = crinkle

cranky क्रैङ्कि *a* 1 सनकी, झक्की, वहमी, 2 डाँवाँडोल, अस्थिर-चित्त, कभी कुछ और कभी कुछ कहने वाला, 3 बदमिजाज़

cranny क्रैनि *n* दरार, छिद्र, छेद, सूराख

crape क्रेप *n* & *vt* झीना रेशमी कपड़ा (प्रायः काले रंग का, जिससे मातमी लिबास बनता था), क्रेप; *vt* क्रेप पहनाना या ओढ़ाना

crapulence क्रैप्युलन्स *n* 1 बहुत खाना, अतिभोजन, अतिमद्यसेवन, 2 अतिभोजन या अति मद्यसेवन से होने वाला रोग, अफ़रा, **crapulent** अतिभोजी, अतिमद्यसेवी; अफ़रा-पीड़ित; अस्वस्थ

crash^1 क्रैश *n* 1 चीनी के बर्तनों के टूटने की-सी आवाज़, तड़ाका, (बिजली की) कड़क, (बादल की) गरज, गड़गड़ाहट, धड़ाका, धमाका, 2 ज़ोर की टक्कर, 3 *fig* (वि० आर्थिक) विनाश, तबाही, बरबादी, (कीमतों की) सहसा गिरावट, 4 *attrib* बड़ी तेज़ी और उत्साह के साथ किया जाने वाला, ज़ोरदार, ज़बरदस्त [a ~ programme], 5 *comb*: ~ **helmet** (मोटर-साइकल सवार का) टक्कर-बचाव टोप; ~**land** (i) (of airman) संकटग्रस्त होकर विमान को धड़ाम से उतारना [to ~land an aircraft]; (ii) (of aircraft) धड़ाम से उतरना या गिरना

crash^2 *vi* & *t* 1 धड़ाम से टकराना या गिरना, 2 धड़ाम से टूटना, चकनाचूर होना, 3 (विमान का) टूट कर गिरना, 4 *commerc* बरबाद होना (कीमतों का) एकाएक गिरना, 5 *vt* (*colloq*) जबरदस्ती या बिना इजाज़त घुस आना

crass क्रैस *a* 1 स्थूल, मोटा, भद्दा, 2 *fig* निपट, सरासर, नितान्त, असीम, बेहद, ~ stupidity नितान्त मूर्खता, मूढ़ता, ~ ignorance असीम अज्ञानता, बेहद जहालत; ~**ness**, ~**itude** *nn* 1 भद्दापन, मोटापन, 2 मूर्खता, मूढ़ता

crate क्रेट *n* (शीशे और चीनी के बर्तन, फल आदि ले जाने के लिए) पेटी

crater क्रेटर *n* 1 ज्वालामुखी (पर्वत) का मुख, 2 कटोरे के आकार का गढ़ा (वि० वह जो बम फटने से धरती में बन जाता है), गड्ढा, गर्त

crave क्रेव *vt* & *i* 1 मांगना, याचना करना, अनुनय-विनय करना, **to crave (for) mercy** दया-याचना करना, 2 **to ~ for, after, sth** (किसी चीज़ के लिए) तरसना, लालायित होना, लालसा करना, ललकना, ललचना; **craving** *n* लालसा, अभिलाषा, तृष्णा, ललक [he has a craving for praise]

craven क्रेवन *a* & *n* कायर, डरपोक, भीरु, नीच, गिरा हुआ (व्यक्ति, आचरण)

crawfish *n*=crayfish

crawl क्रॉल *vi* & *n* 1 रेंगना, पेट के बल चलना, ज़मीन पर रगड़ खाते हुए हाथों और घुटनों के सहारे धीरे-धीरे आगे बढ़ना, घिसटना, 2 धीरे-धीरे चलना या आगे बढ़ना, सरकना, खिसकना, 3 (*colloq*) to ~ **to s.o.** किसी के आगे अपनी दीनता-हीनता व्यक्त करना, गिड़गिड़ाना, किसी से अनुग्रह-याचना करना, 4 (of ground) रेंगते हुए कीड़े-मकोड़ों से भरा होना [the ground was crawling with vermin], 5 **~ing cab** सवारी या सवारियां उठाने के लिए धीरे-धीरे चलने वाली टैक्सी; *n* रेंग, बड़ी धीमी चाल; **crawler** *n*=रेंगने वाला कीड़ा, रिंगक, 2=crawling cab (see above), 3 एक प्रकार का ट्रैक्टर

crayfish क्रेफिश *n* कठोर चमड़ी वाली मछली, (वि०) चिंगट, झिंगा

crayon क्रेअन *n* & *vt* चित्र बनाने की रंगदार पैन्सिल, रंगदार चाक की डली, रंगदार खड़िया

craze क्रेज़ *vt* & *i*, *n* 1 सनकी या खब्ती बना देना, पागल कर देना, 2 चीनी के बर्तनों पर छोटी-छोटी दरारें डालना; *vi* दरार पड़ना; *n* 1 सनक, खब्त, झक, धुन, 2 ज़बरदस्त शौक या फैशन, वस्तु जिसके लिए लोग पागल-से हो रहे हों [the ~ for foreign goods]

crazy क्रेज़ि *a* 1 (of person) सनकी, ख[illegible] झक्की, वहमी, पागल; (of action) पागलपन [illegible] **to drive, send, s.o. ~** किसी को पागल बना देना, to be ~ **about, over,** sth कोई सनक या ख़ब्त या धुन सवार होना, **to be ~** to **do sth** (*colloq*) कोई काम करने को बहुत उत्सुक होना, 2 (of paving, quilts) टेढ़े-मेढ़े टुकड़े जोड़ कर बनाया हुआ, 3 (of building, ship, etc) हिलता हुआ, डाँवाँडोल, कमज़ोर

creak क्रीक *n* & *vi* पुराने किवाड़ के खुलने या बन्द होने का शब्द, नये जूते की-सी आवाज़, कुर्सी-मेज़ आदि के टूटने का शब्द, कर्कश या कर्ण-कटु शब्द; कड़कड़ाहट, चरमराहट, *vb* कड़कड़ाना, चरमराना

cream¹ क्रीम *n* 1 मलाई, बालाई, 2 किसी चीज़ का उत्कृष्ट या उत्तम अंश, the ~ of society, समाज के खास-खास या गिने-चुने लोग, the ~ of the story किस्से की सब से मज़ेदार बात, 3 किसी तरल पदार्थ के ऊपर जमा हो जाने वाली झाग, 4 (त्वचा पर लगाने की) क्रीम, 5 **~-coloured** पीत-श्वेत वर्ण का

cream² *vi* & *t* & *n* 1 मलाई बनना या पड़ना, झाग बनना, 2 *vt* (दूध से) मलाई उतारना [to ~ milk], 3 किसी चीज़ का उत्कृष्ट अंश निकाल लेना [to ~ (off)], 4 (चाय आदि में) मलाई डालना; **~er** *n* 1 दूध से मलाई उतारने की चपटी थाली, 2 दूध से क्रीम निकालने का यन्त्र; **~ery** *n* 1 मक्खन बनाने का कारखाना, 2 दूध, क्रीम आदि की दुकान

crease क्रीस *n*, *vt* & *i* 1 सिलवट, कपड़े की तह करने पर बनने वाला निशान, 2 *crick* बल्लेबाज़ों तथा गेन्दबाज़ों का अपना-अपना स्थान सूचित करने वाली रेखा, क्रीज़; *vt* & *i* सिलवट डालना या पड़ना; **creasy** *a* सिलवटदार

create क्रियेट *vt* 1 सृजन करना, सर्जन करना, उत्पन्न करना, पैदा करना [to ~ a difficulty; to ~ a good, bad, impression], 2 बनाना. रचना, बना कर खड़ा करना, 3 उपाधि देना, उपाधि से विभूषित करना, to ~ s.o. a knight किसी को नाइट बनाना, नाइट की उपाधि प्रदान करना

creation क्रियेशन *n* 1 सृजन, सर्जन, सृष्टि, उत्पत्ति, 2 संसार, विश्व, सृष्टि, 3 (मानव-बुद्धि द्वारा की गई) रचना, उपज, 4 उपाधि-प्रदान

creationism *n* यह सिद्धान्त कि प्राणियों और भूत द्रव्य की रचना ईश्वर ने की है (न कि वे विकास द्वारा अपने आप बनते गये), सृष्टिवाद

creative क्रियेटिव *a* 1 सृजनात्मक, सर्जनात्मक [~ work]; सृजन करने वाला, सृजनशील [a ~ artist]; **~ness** *n* सृजन-शक्ति; सृजन-गुण, सर्जन-शक्ति

creator क्रियेटर *n* 1 **the Creator** सृष्टिकर्ता, स्रष्टा, ईश्वर, ब्रह्मा, 2 बनाने वाला, रचने वाला, रचना करने वाला

creature क्रीचर *n* 1 प्राणी, जीव, प्राणधारी, 2 पशु, जन्तु, जानवर, 3 किसी पर आश्रित रहने वाला बेचारा आदमी; **Man is the ~ of circumstances** मनुष्य परिस्थितियों का दास है, जैसी परिस्थितियां होती हैं मनुष्य वैसा ही बन जाता है, 4 **~ comforts** (see comfort)

crèche F क्रेश *n* दिन-दिन में बच्चों की देखभाल करने वाली संस्था, शिशु-गृह, शिशु-सदन

credence क्रीडन्स *n* 1 विश्वास, भरोसा, एतबार, **to give ~ to sth** किसी बात पर विश्वास करना, 2 **letter of ~** (वि० राजदूत का) परिचय-पत्र, प्रत्यय-पत्र

credential क्रिडेन्शल *n* (usu in *pl*) 1 परिचय-

पत्र, प्रत्यय-पत्र, 2 किसी के कृतित्व या उपलब्धि या विश्वसनीयता का प्रमाण

credibility क्रे́डिबिलिटि *n* विश्वसनीयता

credible क्रे́डिबल *a* (of person or statement) विश्वसनीय, विश्वास-योग्य

credit^{1} क्रे́डिट *n* 1 विश्वास, भरोसा, एतबार, 2 **to give ~ to** a report समाचार पर विश्वास करना, समाचार को सच मानना, 3 प्रतिष्ठा, नेकनामी, प्रतिष्ठा का कारण, he is a ~ to the institution उससे संस्था की प्रतिष्ठा बढ़ती है; it does him ~, it reflects great ~ on him इस बात से उसकी प्रतिष्ठा बढ़ती है ; it must be said **to his ~** उसके हक में (या पक्ष में) यह कहा जा सकता है कि... 4 श्रेय, **to get ~ for** an action किसी काम का श्रेय मिलना, **to take ~ for** an action किसी काम का श्रेय स्वयं लेना, **5** सम्मान, to pass an examination **with ~** अच्छे नम्बरों से परीक्षा में उत्तीर्ण होना, 6 उधार, **to give ~, to sell, deal, on ~** उधार बेचना, 7 साख, 8 जमा, **9 letter of credit** (i) हुंडी (ii) प्रत्यय-पत्र, **10 ~ squeeze** (ब्याज-दर बढ़ा कर) उधार कम करने की नीति

credit^{2} *vt* 1 विश्वास करना [to ~ a report, story, etc], 2 जमा करना, जमा खाते में डालना, to ~ an amount **to** s.o.; **to** ~ s.o. **with** an amount किसी के खाते में रकम जमा करना, 3 (*fig*) to ~ a person **with** a quality यह समझना कि अमुक व्यक्ति में अमुक गुण है, I credited you with more sense मैं सोचता था कि तुम ज्यादा समझदार हो; **~able** *a* प्रशंसनीय, सराहनीय गौरवकर; **~ably** *adv* प्रशंसनीय ढंग से, सम्मान-सहित

creditor क्रे́डिटर *n* 1 कर्ज़ या ऋण देने वाला, ऋणदाता, साहूकार, लेनदार, **2 ~ side** (of account) जमा खाता

credulous क्रे́ड्युलस *a* आसानी से या झट से विश्वास कर लेने वाला, विश्वासप्रवण, भोला-भाला, कान का कच्चा; **~ness, credulity** क्रे́ड्युलिटि *n* झट से विश्वास कर लेने का स्वभाव, विश्वास-वणता, भोलापन; **~ly** *adv* भोलेपन से

creed क्रीड *n* 1 धर्म-सिद्धान्त का संक्षिप्त आधिकारिक विवरण, पन्थ, मत, 2 किसी विषय पर विविध मतों या विचारों का संग्रह

creek क्रीक *n* 1 सँकरी खाड़ी, 2 छोटा बन्दरगाह, 3 नदी की छोटी शाखा, 4 पहाड़ों के बीच की तंग घाटी

creep^{1} क्रीप *vi* (crept) 1 रेंगना, सरकना, धीरे-धीरे और डरते-डरते या लुक-छिप कर आगे बढ़ना, दबे पांव चलना; to ~ **into, out of,** the room दबे पांव कमरे में घुसना, कमरे से बाहर निकल जाना, 2 (of plants) धरती पर फैलना, दीवार पर चढ़ना, 3 a feeling of uneasiness ~s over me मुझे कुछ बेचैनी सी महसूस होने लगती है, 4 the flesh creeps शरीर में सनसनी पड़ जाती है, बहुत डर लगता है; **~er** *n* 1 रेंगने वाला कीड़ा आदि, 2 (धरती पर फैलने वाली) लता

creep^{2} *n* 1 रेंग, सरक, 2 (in *pl*) घबराहट, डर, **to give** s.o. **the ~s** किसी को बहुत डर लगना, रोंगटे या रोएँ खड़े होना

creepy *a* 1 जिसे बहुत डर लग रहा हो, भयभीत, त्रस्त, 2 सनसनी या डर पैदा करने वाला, जिसे सुनकर रोंगटे खड़े हो जायें, 3 रेंगने वाला, सरकने वाला

cremate क्रिमेट *vt* 1 जलाकर राख कर देना (वि॰ शव को), to ~ the dead body शव का दाह-संस्कार करना

cremation क्रिमेशन *n* दाह-संस्कार, **~ ground** श्मशान भूमि

cremator क्रिमेटर *n* 1 शव-दाह करने वाला (व्यक्ति), 2 कूड़े-करकट को जलाने की भट्ठी

crematorium क्रे́म-टॉरियम *n* दाह-भूमि, श्मशान

crematory क्रे́म-टरि *a* & *n* दाह(-संस्कार) का; *n* = **prec**

crenel क्रे́नल **crenelle** क्रिने́ल *n* किले की मुंडेर में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर बने छिद्र जिनमें से तोप या बन्दूक दागते हैं, मोखा; **crenellate** *vt* ऐसे मोखे बनाना

creosote क्रिय-सोट *n* 1 पीपरोधी औषध-विशेष, क्रिओसोट, 2 ~ (oil) तारकोल से बना तेल (जो लकड़ी को दीमक से बचाता है), क्रीओसोट तेल

crepe क्रेप *n* झीना रेशमी कपड़ा (see crape)

crepuscular क्रिपस्क्युलर *a* 1 सांध्य प्रकाश का, 2 धुंधला

crescendo क्रिशे́न्डो *n* & *a* 1 *mus* आरोह, स्वरोत्कर्ष, 2 *fig* चढ़ाव, उत्तरोत्तर वृद्धि; *a* उत्तरोत्तर उच्च स्वर में, आरोही

crescent क्रे́सन्ट *n* & *a* 1 नया चंद्रमा, नवचन्द्र, बालचन्द्र, अर्द्धेन्दु, प्रथम सप्ताह या चौथे सप्ताह के चन्द्रमा का आकार, इस आकार की कोई चीज़ (वि॰ इस आकार की मकानों की पंक्ति), 2 the C~ इस्लाम; *a* बढ़ता हुआ [the ~ moon]; बालचन्द्र के आकार का

cresset क्रे́सिट *n* 1 *hist* धातु का बना (प्रायः खंभे पर लटकाया जाने वाला) पात्र जिसमें तेल आदि डालकर प्रकाश के लिये जलाते हैं, मशाल, आकाश-दीप, 2 *mod* जहाज़-घाट पर प्रकाश करने का अग्निकुंड, प्रकाशकुंड

crest क्रे́स्ट *n* & *vt* 1 (पशु-पक्षियों की) कलगी, चूड़ा, शिखर, किरीट, **~-fallen** (*fig.* of person, of look) हताश, निराश, उदास, खिन्न, 2 *her* (ढाल या शिरस्त्राण अथवा मोहर, नोट आदि पर बना) राजचिह्न, 3 (पहाड़ी का) शिखर, शृङ्ग, चोटी, 4 (लहर का) शिखर, चोटी, **on the ~ of a, the, wave** *fig* चरमोत्कर्ष के क्षण में, भारी सफलता के

क्षण में, *vt* 1 कलगी लगाना, कलगी का काम देना, 2 (पहाड़ी की) चोटी पर पहुंचना; ~d *a* 1 कलगीदार, किरीटी, 2 राजचिह्नयुक्त

crevasse क्रिवैस *n* ग्लेशियर (हिमनदी) में बनी गहरी खड्ड, हिम-विदर

crevice क्रॆविस *n* दरार, सूराख, छिद्र

crew क्रू *n*, *vt* & *i* 1 जहाज़ या नाव के सारे मल्लाह, नाविक गण, विमान के सारे चालक और काम करने वाले दूसरे लोग, कर्मी, कर्मीदल, 2 दल, जत्था. गिरोह, भीड़, 3 *vt* & *i* (विमान के लिए) चालक देना, चालक का काम करना

crib^1 क्रिब *n* 1 जंगलेदार नांद या चरनी, 2 झोंपड़ी, कुटिया, 3(बच्चे का) जंगलेदार खटोला, 4 खान की सुरंग के साथ-साथ लगा जंगला, 5 (*colloq*) साहित्यिक चोरी, विद्यार्थियों के (अवैध) प्रयोग के लिए तैयार किया गया अनुवाद, कुंजी

crib *vt* 1 तंग जगह में बन्द करना, 2 गोशाला में नांद या चरनी बनाना, 3 चुराना, उठा लेना, उड़ा लेना, 4 साहित्यिक चोरी करना, to ~ from an author किसी के लेख या ग्रन्थ से चोरी करना, to ~ an exercise from another boy दूसरे लड़के के काम से नकल कर लेना

crick *n* & *vt* गर्दन या पीठ के पट्ठों की ऐंठन या अकड़ाव [a ~ in the neck, in the back]; *vt* गर्दन या पीठ के पट्ठों में ऐंठन या अकड़ाव पैदा करना

cricket^1 क्रिकिट *n* (also **house-~**) झींगुर

cricket^2 *n* & *vi* क्रिकिट (का खेल), that is not cricket (*colloq*) किसी क्षेत्र में प्रतियोगिता के नियमों का उल्लंघन होना, यह इन्साफ़ या ईमानदारी नहीं है; *vi* क्रिकिट खेलना

cricketana *n* see -ana *suf*

cricketer *n* क्रिकिट का खिलाड़ी

crier क्राइअर *n* 1 चिल्लाने वाला, 2 (अदालत में) लोगों के नाम पुकारने वाला कर्मचारी, 3 **town ~** शहर में ढिंढोरा पीटने वाला (कर्मचारी), उद्घोषक

crime क्राइम *n* 1 अपराध, दण्डनीय कर्म, दोष, जुर्म, 2 पाप, गुनाह; **~-sheet** सैनिक के अपराधों की सूची, **~ wave** अपराधों का एकाएक बढ़ना, अपराध-लहर

criminal^1 क्रिमिनल *a* दण्डनीय, अपराधपूर्ण, अपराधात्मक, फ़ौजदारी (का), **~ case** फौजदारी का मुकदमा या मामला, ~ court फौजदारी अदालत या न्यायालय, **~ law** दंड विधि, फौजदारी कानून, **~ procedure code** (see code), **~ offence** दंडनीय अपराध

criminal^2 *n* अपराधी, मुजरिम; पापी

criminate क्रिमिनेट *vt* 1 अपराध लगाना, अभियोग लगाना, 2 अपराधी ठहराना या सिद्ध करना, मुजरिम साबित करना, 3 निन्दा करना; **crimination** *n* 1 दोषारोपण, अभिशंसन, 2 निन्दा,

criminatory *a* अपराधात्मक, अपराधपूर्ण

criminology क्रिमिनॉल-जि *n* अपराधविज्ञान

crimson क्रिम्ज़न *n* & *a*, & *vt* & *i* 1 गहरा लाल रंग, किरमिज, 2 *a* गहरे लाल रंग का, किरमिजी, 3 *vt* & *i* किरमजी करना या हो जाना

cringe क्रिन्ज *vt* 1 (डर के मारे) झुक जाना, 2 चापलूसी करना, किसी के आगे हाथ बांधे खड़ा रहना; **to ~ to, before, s.o.** किसी के आगे नाक रगड़ना, गिड़गिड़ाना

crinkle क्रिङ्कल *vt* & *i* & *n* सिकुड़न डालना या पड़ना, झुर्री डालना या पड़ना, मरोड़ना; *n* सिकुड़न, झुर्री, मरोड़, शिकन; **crinkly** *a* जिस पर झुर्रियां पड़ गई हों, झुर्रीदार

cripple क्रिपल *n* & *vt* लूला-लंगड़ा, अपंग; *vt* लंगड़ा कर देना या बना देना, कमर तोड़ देना; (मशीन को) बिगाड़ देना, निकम्मा या बेकार कर देना, (कारखाने, उद्योग आदि को) ठप कर देना

crisis क्राइसिस *n* (*pl* **crises**) 1 रोगी की वह गंभीर दशा जिस में जान का खतरा रहता है और जिस के बीतने पर विश्वास हो जाता है कि रोगी बच जायेगा, 2 (राजनीति, व्यापार आदि में) अनिश्चितता की स्थिति; नाजुक घड़ी या मौका, संकट, संकट-काल, संकट की स्थिति; ऐसी स्थिति जब अनिश्चितता खतम करने के लिये कोई न कोई निर्णय करना अनिवार्य हो जाये; political ~ राजनीतिक संकट, financial ~ वित्तीय संकट, **~ of confidence** विश्वास का अभाव; **~ of character** चरित्रबल का अभाव

crisp क्रिस्प *a* & *vt* & *i* 1 (पापड़, बिस्कुट आदि की तरह) सख़्त परन्तु जल्दी टूट जाने वाला, भुरभुरा, कुरकुरा, ख़स्ता, करारा [a ~ toast] 2 शक्तिसंचार करने वाला, जान डाल देने वाला, स्फूर्तिदायक [the ~ air of the hills], 3 ज़ोरदार, ओजस्वी, निर्णयात्मक, ~ style संक्षिप्त एवं ओजस्वी शैली, 4 सन्देह और संकोच से रहित, फुर्तीला, चुस्त [a ~ manner of speaking], 5 ~ hair घुंघराले बाल; *vt* & *i* 1 छल्लेदार या पेचदार बनाना या बनना, 2 भुरभुरा या कुरकुरा बनाना या बनना; **~ness** *n* 1 भुरभुरापन, कुरकुरापन, 2 (बालों का) घुंघरालापन, 3 (शैली की) ओजस्विता

crispy *a* 1 भुरभुरा, 2 घुंघराला, 3 फुर्तीला, चुस्त, तेज़; जोरदार, ओजस्वी

criss-cross क्रिस-क्रॉस *n*, *a* & *adv* 1 (जाल की तरह) एक-दूसरे को काटने वाली रेखाएं, आड़ी-तिरछी रेखाएं, criss-cross of wires तारों का जाल; *a* 2 आड़ा-तिरछा [~ pattern], 3 (of person, temper) चिड़चिड़ा (व्यक्ति, स्वभाव), 4 *adv* आड़े-तिरछे ढंग से, 5 एक-दूसरे के प्रतिकूल [Everything went ~]

criss-cross^2 *vi* & *t* 1 (सड़कों, रेखाओं आदि का) एक-दूसरे को काटना, 2 आड़ा-तिरछा नमूना बनाना, 3 आड़ा-तिरछा जाना

criterion क्राइटिअरिअन *n* कसौटी, निर्णय(देने) का आधार, परख, मानदण्ड

critic क्रिटिक *n* 1 (साहित्य, कला आदि का) आलोचक, समालोचक, समीक्षक, 2 पारखी, परखने वाला, गुणदोषविवेचक, निर्णय देने वाला, 3 (ग्रन्थ का) टीकाकार, टिप्पणीलेखक, 4 निन्दक, छिद्रान्वेषी

critical क्रिटिकल *a* 1 आलोचना करने वाला, आलोचनाशील, 2 आलोचनात्मक [~ essay], 3 निन्दक, छिद्रान्वेशी [He was ~ of me, my efforts], निन्दात्मक, 4 संकटमय, संकटपूर्ण, खतरनाक, ~ condition, situation, etc खतरनाक हालत या स्थिति; **~ly** *adv*; **~ ill** सख़्त बीमार

criticism क्रिटिसिज़म *n* 1 आलोचना, समालोचना, समीक्षा, 2 टीका, टिप्पणी, 3 छिद्रान्वेषण, नुक्ताचीनी, निन्दा

criticize क्रिटिसाइज़ *vt* 1 आलोचना करना, समीक्षा करना, 2 निन्दा करना, मीनमेख निकालना

critique क्रिटीक *n* 1 आलोचनात्मक या समीक्षात्मक निबंध [*e.g.* The C~ of Pure Reason; The C~ of Practical Reason by Kant], 2 आलोचना की कला

croak क्रोक *n* & *vi* & *t* मेंढक या पहाड़ी कौए की बेसुरी आवाज़, टर्राहट, काँय-काँय; *vi* टरटराना, टर्राना, काँय-काँय या काँव-काँव करना; *vt* (of person) कराहना, बड़बड़ाना; अपशकुन की सूचना देना; **~er** *n* वि० अमंगल या अनिष्ट की सूचना देने वाला, अशुभ वक्ता

crochet F क्रोशे *n* & *vt* (crocheted क्रोशेड), क्रोशिये का काम, कसीदा, कसीदाकारी; *vt* क्रोशिये से (शाल, जुराब आदि) बुनना, कसीदा करना, काढ़ना

crock^1 क्रॉक *n* & *vi* & *t* (*colloq*) अनाड़ी आदमी; *vi* **to ~ (up)** थक कर चूर हो जाना, बीमार पड़ जाना; *vt* **to ~ s.o. (up)** बेकार कर देना, (खिलाड़ी को) बेकार या अपंग बना देना

crock^2 *n* 1 मिट्टी का बर्तन, 2 ठीकरी

crockery क्रॉकरि *n* चीनी (मिट्टी) के बर्तन

crocodile क्रॉक-डाइल *n* 1 मगरमच्छ, घड़ियाल, **~ tears** दिखावे या झूठमूठ के आँसू, दिखावे का या झूठमूठ का रोना [N.B. it was believed that the crocodile wept while devouring, or to allure, its victim], 2 *colloq* स्कूल में दो-दो छात्रों का मिलकर चलना, ऐसे चलते हुए छात्रों की पंक्ति

croft क्रॉफ़्ट *n* (खेती की) भूमि का छोटा सा टुकड़ा, छोटी जोत; **~er** *n* पट्टे पर छोटी सी जोत लेने वाला (वि० स्काटलैंड में), जोतदार

crone क्रोन *n* 1 जराजीर्ण स्त्री, बूढ़ी खूसट, बुढ़िया, 2 बूढ़ी भेड़

crony क्रोनि *n* अन्तरङ्ग मित्र या सखी, लंगोटिया यार, दिली दोस्त

crook क्रुक *n* & *a* & *vt* & *i* 1 (चरवाहे का) लम्बा डंडा जिसके सिरे पर लोहे का अँकुड़ा लगा रहता है, 2 अँकुड़ा, अँकुड़ेदार चीज़, 4 मोड़, गोलाई, 5 झुकना, मुड़ना, 6 *colloq* ठगी से जीविका चलाने वाला, ठग, गुंडा, बदमाश, 7 **by hook or by crook** ईमानदारी से या बेईमानी से, सीधे तरीके से या टेढ़े तरीके से, जैसे-तैसे, **on the ~** बेईमानी से; *a* टेढ़ा; *vt* & *i* झुकाना, झुकना, मोड़ना, मुड़ना [to ~ one's finger, arm]

crooked क्रुकिड *a* 1 टेढ़ा, मुड़ा हुआ, 2 *fig* बेईमान, कुटिल, धूर्त्त

Crookes क्रुक्स *n* **~ glass** आँखों को सूर्य की तेज़ चमक से बचाने वाला शीशा, क्रुक्स शीशा [f. Sir W. ~, English scientist]

croon क्रून *vt* & *i* & *n* गुनगुनाना, भिनभिनाना, गुंजारना; *n* गुनगुनाहट, भिनभिनाहट, गुंजार

crop^1 क्रोप *n* 1 (अनाज, फल आदि की) फ़सल, उपज, पैदावार, शस्य; **in, under, ~** जिसमें खेती की जा रही हो, **out of ~** जिसमें खेती न की जा रही हो, 2 पक्षियों के गले में बनी छोटी थैली जहाँ दाना-दुनका पेट में जाने से पहले गलता है, पोटा; (**~-full** *a* जिसका पेट भरा हुआ हो), 3 पशु की कमाई हुई पूरी की पूरी खाल, 4 काट कर बहुत छोटे किये हुए बाल, खसखसे बाल; **~-eared** जिस के कान काट कर छोटे कर दिये गये हों, कनकटा; खसखसे बालों वाला

crop^2 *vt* & *i* 1 काटना, 2 फ़सल काटना, 3 फसल बोना या लगाना [to ~ land with barley etc], 4 (of animals) पौधों के सिरो को खा जाना, 5 (कान, पूंछ, बाल आदि) काटकर छोटा करना, 6 *vi* (of land) फ़सल देना, 7 **to ~ up** अचानक आ पहुंचना या उपस्थित होना या सामने आना [a difficulty cropped up], 8 **to ~ up, out** (*geol*) दिखाई देना, सतह पर आ जाना

cropper क्रॉपर *n* 1 काटने वाला (व्यक्ति या यंन्त्र), 2 (फसल का) हिस्सेदार श्रमिक, सीरी, 3 बड़े पोटे वाला कबूतर, कबूतरों की जाति-विशेष, 4 **good, heavy, light, ~** अच्छी, बहुत, कम, फ़सल देने वाला पौधा, 5 (*sl*) **to come a ~** (घोड़े, साइकल आदि से) धड़ाम से गिरना, कलाबाजी खाना, चोट लगना, I came a ~ मैं (घोड़े आदि से) गिर पड़ा; I came a ~ in mathematics मैं गणित में फ़ेल हो गया

croquet क्रोके *n* लकड़ी की गेन्दों से खेला जाने वाला खेल

croquette क्रोकेट्ट्र *n* आलू और कीमे आदि का कोफ़्ता

cross^1 क्रॉस 1 *n* आड़े डंडे से युक्त खड़ा खम्भा जिस पर अपराधी को लटका कर प्राचीन काल में प्राणदण्ड दिया जाता था (वि० वह जिस पर ईसा को लटकाया गया था), सूली, सलीब, क्रूस, क्रास,

2 क्रूस का नमूना, क्रूस का चिन्ह, क्रूस के आकार की चीज़, 3 the C~ ईसाई धर्म, 4 कड़ी परीक्षा, संकट, 5 चौराहा, चौरस्ता [market ~], 6 वीरता का पदक, **Grand ~** सर्वोत्कृष्ट वीरता का पदक, **Victoria ~** वीरता का पदक, 7 **The Red ~** रेडक्रास [रोगियों, संकट-ग्रस्त लोगों की सेवा-सहायता करने वाली अन्तर्राष्ट्रीय संस्था], 8 संकरता, दोगलापन, 9 संकर या दोगला (पशु), 10 दो पदार्थों का मिश्रण [a ~ between two things], 11 *sl* ठगी, बेईमानी, He has been on the **cross** all his life वह अपना निर्वाह सदा ठगी-बेईमानी से करता रहा है

cross^2 *vt* & *i* 1 (दो डंडों, तलवारों आदि को) आड़ा-बेड़ा रखना; **to keep one's fingers ~ed** (एक उंगली को दूसरी पर चढ़ाना और) यह आशा करना कि काम बन जायेगा, कोई अड़चन नहीं आयेगी, 2 **to ~ oneself** (भय के कारण अथवा प्राणरक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए) बाहों से क्रूस का चिन्ह बनाना, 3 काटना, काटा बनाना, रद्द करना, मंसूख करना, 4 **to ~ a cheque** चेक़ पर दो समानान्तर तिरछी लकीरें बनाना, 5 (सड़क, नदी, समुद्र आदि) पार करना, पार उतरना, 6 **to ~ a person's path** (i) रास्ते में किसी से अचानक मिल जाना, (ii) किसी के काम में बाधक होना या बाधा डालना, 7 (of thought) **to ~ one's mind** सूझना, ध्यान या ख़याल आना, 8 **to cross s.o.; to ~ s.o.'s plans etc.** किसी की बात का विरोध करना, किसी के काम में विघ्न डालना, 9 **to ~ swords with s.o.** किसी के साथ लड़ाई या वाद-विवाद करना, 10 **to ~ over** पार करके दूसरी तरफ़ चले जाना, 11 **to cross the floor** (*Parl*) पक्ष बदल लेना, दूसरे दल में जा मिलना, **crossing** *n* 1 चौराहा, 2 पारगमन, 3 पारपथ

cross^3 *a* 1 आड़ा, तिरछा, 2 विरुद्ध, विपरीत, प्रतिकूल, 3 *colloq* चिड़चिड़ा, **to be ~ with s.o.** किसी पर बिगड़ना, किसी से नाराज़ होना; he is **as ~ as two sticks** उसका मिज़ाज बिगड़ा हुआ है

cross-bar *n* (of bicycle or football goal) आड़ा डंडा

cross-bench (*Parl*) निर्दलीय सदस्यों की बेंच, **cross-bones** *n pl* खोपड़ी और दो आड़ी-बेड़ी हड्डियों का चित्र (जो कि मृत्यु का प्रतीक है, और खतरा सूचित करता है), **cross breed** 1 *n* दोगलापन, संकरता, 2 *vt* संकरण करना; **cross-check** *n* & *vt* दुतरफ़ी पड़ताल करना, दूसरी विधि से जांच या मिलान (करना), कांटा (मिलाना); **cross-country** *a* खेत-पार, **cross-country race** क्षेत्र-पार दौड़, क्षेत्र-दौड़, (ऐसी दौड़ जिसमें दौड़ने वाला सड़क से न जाकर खेतों में से गुजरता है); **cross-cut** (i) तिरछी काट, (ii) तिरछा और छोटा मार्ग, **cross-examine** *vt* जिरह करना, प्रश्नानुप्रश्न करना, **cross-examination** *n* जिरह, प्रश्नानुप्रश्न, प्रतिपृच्छा, **cross-fire** *n* दोनों तरफ़ से गोलियां या गोले चलना, दुतरफ़ा गोलीबारी या गोलाबारी; **cross-grained** *a* (of wood) खुरदरा; (of person) चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज

cross-legged *a* 1 धरती पर पालथी मारे हुए, 2 (कुर्सी में) टाँग पर टाँग रखे हुए

cross-purposes *n pl* (of two persons) **to be at cross-purposes** (i) एक-दूसरे को समझ न पाना, (ii) परस्पर-विरोधी उद्देश्य होना

cross-question *n* & *vt* किसी बयान की सचाई जानने या अधिक ब्योरा प्राप्त करने के लिए पूछा गया प्रश्न, परिप्रश्न, जिरह; *vt* परिप्रश्न करना, जिरह करना

cross-reference *n* ग्रन्थ या मिसिल के एक स्थल पर दिया गया दूसरे स्थल का संकेत या निर्देश (जहां अधिक जानकारी उपलब्ध हो), प्रतिसंकेत, प्रतिनिर्देश

cross-roads *n* 1 चौराहा, चौरस्ता, 2 *fig* निर्णायक मोड़; we are now **at the cross-roads** (*fig*) अब हमें यह फैसला करना होगा कि हम इस रास्ते से जायें या उस रास्ते से; यह बात करें या वह, इत्यादि

cross-section *n* 1 बेंड़ी या तिरछी काट, 2 प्रतिनिधिक भाग, a cross-section of society ऐसा समूह जिस में समाज के सभी वर्गों के लोग हों, सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाला समूह; प्रतिनिधिक समुदाय

cross-ventilation *n* हवा का आर-पार आना-जाना

cross-voting *n* (संसद् में मतविभाजन के समय) कुछ लोगों का अपने ही दल के विरुद्ध वोट देना, स्वपक्षविरुद्ध मतदान

ˈ**crosswise** *adv* एक-दूसरे को काटते हुए, आड़े-तिरछे

crossword *n* शब्द-पहेली

crotchet क्रॉचिट *n* 1 *arch* सनक, वहम, झक, 2 *mus* पाद-मात्रिक, चतुर्थांश मात्रिक, पादस्वर; **~y** *a* 1 सनकी, वहमी, 2 चिड़चिड़ा

crouch क्राउच *vi* & *n* 1 (डर के मारे या चापलूसी करने के लिए) झुक जाना, 2 (of animal) दबकना; *n* झुकने की मुद्रा; दबक

croup^1 क्रूप *n* पुट्ठा, (वि० घोड़े का)

croup^2 *n* (बच्चों की) श्वासनली का शोथ (जिस से खाँसी होती है)

croupier क्रूपिये *n* जूए की मेज पर से रुपया समेटने तथा विजेता को देने वाला, जुआरियों का खज़ानची

crow क्रो *n* 1 कौआ, carrion ~ एक प्रकार का बड़ा कौआ, white ~ दुर्लभ वस्तु, 2 **to have a ~ to pluck with s.o.** किसी के दोष निकालना, किसी की नुकताचीनी करना, 3 **as the crow**

flies बिल्कुल सीधे (जाते हुए), 4 **~-bar** भारी चीज़ों को हिलाने के लिए लीवर की तरह प्रयुक्त लोहे का मोटा डंडा, सब्बल, 5 **~'s feet** आंख के बाहरी कोने पर (कौए के पंजे के आकार) की झुरियां

crow^2 *vi* (*pt* crew *or* crowed, *pp* crowed), 1 (मुर्गे का) कुकड़ूं कूं करना, बांग देना, 2 (of child) किलकारी मारना, किलकारना, 3 to ~ **over** sth किसी बात पर बहुत खुशी मनाना [to ~ over an unsuccessful rival]

crowd~~^{1} क्राउड~~ *n* 1 भीड़, भीड़-भड़क्का, जमघट, जनसमूह, 2 ढेर अंबार, 3 **it would pass in a** ~ यह (पदार्थ) अच्छा तो नहीं पर देखने में बहुत खराब भी नहीं; चल जायेगा, 4 **the crowd** जनता, आम लोग

crowd^2 *vi* & *t* 1 एकत्र होना, भीड़-भाड़ करना; 2 ठूंसना, ठसाठस भरना, **to ~ in** इकट्ठे भीतर घुसना; **to ~ round** घेरा बनाना या डालना [We ~ed round the teacher]; **to ~** (s.o., sth) **out**, बहुत भीड़ करके किसी के लिए जगह न रहने देना; निकाल देना

crown^2 क्राउन *n* 1 सेहरा, फूलों का हार, 2 मुकुट, ताज, 3 *fig* सम्राट्, सम्राज्ञी, राजसत्ता, 4 सिर, शीर्ष, शिखर, चोटी, 5 दान्त का सिरा (जो कि मसूड़े से बाहर होता है, दन्ताग्र, 6 **~ of the road** सड़क का मध्य भाग (जो कि दोनों किनारों से कुछ ऊंचा होता है) [driving on the ~ of the road], 7 **Crown colony** सम्राट् के अधीन उपनिवेश, **C~ prince** युवराज; **C~** princess (i) युवरानी, (ii) युवराज की पत्नी

crown^2 *vt* 1 मुकुट या ताज पहनाना, **to ~** s.o. (king) किसी का राज्याभिषेक करना, (किसी को) गद्दी पर बिठाना, राज तिलक करना, **~ed heads** राजे और रानियां, 2 पुरस्कार देना, पुरस्कृत करना 3 शिरोमणि होना, 4 सफल होना, our efforts were ~ed (**with** success) हमारे प्रयत्न सफल हुए, 5 **to crown (it) all** (i) सबसे बड़ी (या बढ़िया) बात यह है कि; तिस पर यह कि; (ii) *iron* सबसे बुरी बात यह है कि

crowning *a* चरम, परम, सर्वोच्च, सबसे बड़ा [that would be the ~ing success, the ~ing mistake]

crucial क्रूशल *a* 1 निर्णायक, निर्णयकारी, **~ case** ऐसा मामला जिसका निर्णय होने पर दूसरे मामलों का भी निर्णय हो जाये, **~ stage** निर्णायक दौर या चरण या स्थिति, **~ test** कसौटी, 2 *colloq* अत्यन्त महत्त्वपूर्ण [the ~ question, meeting, etc]

crucible क्रूसिबल *n* सोना-चांदी आदि धातुएं गलाने का पात्र, कुठाली, 2 *fig* कड़ी परीक्षा, सख़्त आज़माइश

crucifix क्रूसिफ़िक्स *n* सूली पर लटके ईसा मसीह की मूर्ति, क्रूस-मूर्ति

crucifixion क्रूसिफ़िक्शन *n* सूली पर लटकाया जाना, **the C~** (i) ईसा मसीह का सूली पर लटकाया जाना, क्रूसारोपण, (ii) इसका चित्र

crucify क्रूसिफाइ *vt* सूली पर चढ़ाना, सूली पर चढ़ा कर प्राणदण्ड देना, 2 *fig* (इच्छाओं, राग-द्वेष आदि का) दमन करना, 3 कष्ट देना, सताना

crude क्रूड *a* 1 कच्चा, अपक्व, अनपका, अधकचरा, 2 *fig* अपरिष्कृत, असंस्कृत, अपरिमार्जित, 3 अशिष्ट, असभ्य, उजड्ड, गँवार; **~ness**; **crudity** क्रूडिटि *nn* 1 कच्चापन, अपक्वता, 2 अपरिष्कृत अवस्था, 3 अशिष्टता, उजड्डपन

cruel क्रूअल *a* 1 निर्दय, क्रूर, निष्ठुर, कठोर-हृदय, ज़ालिम, बेदर्द, 2 कष्टदायक, पीड़ादायक; **~ty** *n* निदर्यता, क्रूरता, जुल्म

cruise क्रूज़ *vi* & *n* 1 (of ship) (युद्धकाल में अपने व्यापारी जहाज़ों की सुरक्षा के लिए) समुद्र में गश्त लगाना, 2 (समुद्र में) विहार करना, पर्यटन करना, 3 (of motor vehicle or aircraft) किफ़ायती गति से चलना, 4 **cruising speed** किफ़ायती गति (जिस में पेट्रोल कम-से-कम खर्च होता है, 4 (of motor vehicle or driver) यों ही गश्त लगाना; *n* पोत-विहार; समुद्री सैर, समुद्री पर्यटन, गश्त; **~r** क्रूज़र *n* 1 एक प्रकार का द्रुतगामी जंगी जहाज, क्रूज़र, 2 (also **cabin-~r**) विहारार्थ मोटर-बोट; विहारपोत

crumb क्रम *n* & *vt* 1 टुकड़ा, खण्ड, कण, लव, 2 *fig* (सुख आदि का) लेश, लेशमात्र (~ of comfort), 3 (डबल रोटी का नरम भाग (opp crust); *vt* (रोटी के) छोटे-छोटे टुकड़े करना, डबल रोटी के टुकड़े मिला कर गाढ़ा करना

crumble क्रम्बल *vt* & *i* 1 (of bread, stone, etc) टुकड़े-टुकड़े करना या होना, चूर-चूर करना या होना, (of earth) धँस जाना, (of empire) क्षय या ह्रास या विनाश होना

crumbly क्रम्ब्लि *a* आसानी से टुकड़े-टुकड़े होने वाला, भुरभुरा, चुरमुरा

crumple क्रम्पल *vt* & *i* 1 झुरियां डालना या पड़ना, सिकुड़न डालना या पड़ना, सिकोड़ना, सिकुड़ना, सिलवट या शिकन डालना या पड़ना, चुनन या चुनट डालना या पड़ना 2 *fig* (of opposition etc) **to ~ (up)** नष्ट-भ्रष्ट होना, समाप्त होना, हारना, बैठ जाना

crunch क्रन्च *vt* & *i* & *n* 1 चरमर शब्द करते हुए चबाना, 2 (रोड़ी को) पांव से रगड़ना या पीसना, 3 चरमर शब्द करना; *n* 1 चरमर शब्द, चरमराहट, 2 *colloq* (संकट या झगड़े में) निर्णयात्मक क़दम लेने का समय, **when it comes to the ~; when the ~ comes** जब कोई निर्णयात्मक क़दम लेना पड़े

crusade क्रूसेड *n* & *vi* 1 *hist* पश्चिमी फ़िलस्तीन की पवित्र भूमि मुसलमानों से छुड़ाने के

लिए यूरोप के ईसाइयों का 11-13 शताब्दी में सैनिक अभियान, धर्मयुद्ध, जिहाद, 2 *fig* (किसी कुरीति, अन्याय या अत्याचार के विरुद्ध) आन्दोलन, अभियान; *vt* धर्मयुद्ध या जिहाद या ज़बरदस्त आन्दोलन करना [**to ~ against, for, sth**]; **~r** *n* धर्मयुद्ध में भाग लेने वाला, धर्मयोद्धा, जिहाद करने वाला, मुजाहिद

crush^1 क्रश *vt* & *i* **1** कुचलना [his leg was ~ed in the accident], पीस डालना, चूर-चूर करना, **2** *fig* दबाना, कुचलना, अभिभूत करना, कमर तोड़ना [to ~ the enemy]; **a crushing defeat** ज़बरदस्त हार, घोर पराजय; ~ed with grief शोकाभिभूत, **3** (फल को) निचोड़ना, (निचोड़कर) रस निकालना

crush^2 *n* **1** भारी भीड़, भीड़-भड़क्का; **~-barrier** भीड़ की रोकने का जंगला, **2** फलों का रस

crusher *n* **1** कूटने-पीसने का यन्त्र, **2** कोल्हू, **3** रोड़ी बनाने की मशीन, **4** घोर विपत्ति

crust क्रस्ट *n* & *vt* & *i* **1** डबल रोटी का बाहरी कड़ा भाग (opp crumb), **2** (किसी चीज़ की) पपड़ी, **3** रोटी का रूखा-सूखा टुकड़ा [not a ~ to eat], **4** खाल, छाल, **5** धरती की ऊपरी परत, **6** *fig* कोई ऊपरी या दिखावे की चीज़; *vt* पपड़ी से ढकना; *vi* पर पपड़ी जमना [to **~ over**]

Crustacea क्रस्टेश्य: *n pl* (केकड़े आदि की भांति) कड़ी ऊपरी खाल वाले जीव (जिनमें से अधिकतर जलचर हैं)

crustacean क्रस्टेशन *a* & *n* ; *a*=foll; *n*= prec

crustaceous क्रस्टेशस *a* **1** पपड़ी वाला, पर्पटीमय, पपड़ी-जैसा, **2** (of animal) कड़ी ऊपरी खाल वाला, पर्पटीमय

crusted *a* **1** पपड़ीदार, **2** *fig* दकियानूसी, पुराणपन्थी

crusty *a* **1** पपड़ी-जैसा, सख़्त, कड़ा, पपड़ीवाला, पर्पटीमय, **2** चिड़चिड़ा, रूखा

crutch क्रच *n* **1** लंगड़े की लाठी (जिसे वह बगल के नीचे रख कर चलता है), बैसाखी (usu a pair of ~es), **2** (*lit* & *fig*), सहारा, अवलम्ब, टेक

cry^1 क्राइ *n* **1** चीख़, चीत्कार, चीख़-पुकार, चिल्लाहट, शोर, हो-हल्ला, **2** (फेरी वाले की) पुंकार, टेर, **3** दुहाई, प्रार्थना, फ़रियाद, **4** अफ़वाह, चर्चा, **5 within cry** (**of**) जहां तक आवाज़ पहुंच सके, **6 a far cry** (*fig*) लंबा रास्ता, बहुत दूर [it is a far ~ from here to the Secretariat]; बड़ा अन्तर या फ़र्क [Being a clerk is far cry from being a Director], **7 much cry and little wool** [N.B. सूअरों को जब मूंडा जाता है तो वे शोर तो बहुत करते हैं पर उन के बाल बहुत कम उतरते हैं], बेकार का हो-हल्ला, खोदा पहाड़ और निकली चुहिया, ऊंची दुकान फीका पकवान

cry^2 *vt* & *i* **1** चीखना, चिल्लाना, पुकारना, **to ~ for help** मदद के लिए पुकारना, **2** रोना, आँसू बहाना, विलाप करना, **to ~ one's eyes out** इतना रोना कि आँखे सूज जायें, **to ~ one's heart out** बहुत रोना, फूट-फूट कर रोना, **3** मांगना, चाहना **to ~ for the moon** अप्राप्य वस्तु की इच्छा करना, अप्राप्य वस्तु के लिए हठ या ज़िद्द करना, **4 to ~** (**sth, s.o.**) **down** (किसी बात, व्यक्ति की) निन्दा करना, को घटिया या बेकार बताना, **5 to ~ sth up** प्रशंसा करना, **6 to ~ shame upon** (an act, a person) (किसी काम, किसी व्यक्ति का) विरोध करना, लज्जाजनक बताना, निन्दा करना

crying क्राइइङ्ग *a* घोर, भयङ्कर, ध्यान देने योग्य, ~ injustice etc घोर अन्याय [a ~ evil, need, etc]

crypt क्रिप्ट *n* **1** तहख़ाना (वि॰ गिरजे के नीचे बना तहख़ाना जिसमें मुर्दे गाड़ते हैं), **2** गुफा, गुप्त स्थान

cryptic क्रिप्टिक *a* **1** गुप्त, रहस्यमय, **2** गूढ़, दुर्बोध [a ~ remark]

cryptogram क्रिप्ट-ग्रैम *nn* गूढ लिपि या संकेत-लिपि में लिखा लेख या सन्देश, बीजलेख (here बीज = a mystical letter in a Mantra addressed to a deity, *e.g.* ह्रीं, क्लीं, हुम् फट् etc), गूढ़ सन्देश; **cryptographer** संकेतलिपि में लिखने वाला, कूटलेखक

crystal क्रिस्टल *n* & *a* **1** एक प्रकार का पारदर्शक पत्थर, स्फटिक, बिल्लौर, **2** कण, रवा, **3 ~ clear** स्फटिक की भांति साफ़, अत्यन्त स्पष्ट, **4 ~-gazing** स्फटिक की गोली पर टकटकी लगाकर देखना जिससे देखने वाले को भावी घटनाओं की झलक सी मिलती प्रतीत होती है, **5 ~** (**glass**) एक प्रकार का अति स्वच्छ शीशा, बिल्लौर ; *a* स्फटिक-जैसा, बिल्लौरी, स्वच्छ, निर्मल [the ~ waters of the fountain]

crystalline क्रिस्ट-लाइन्न *a* **1** स्फटिक का बना हुआ, स्फाटिक, **2** स्फटिक की भांति निर्मल या स्पष्ट, **3** रवेदार, कणिकामय

crystallization *n* (see foll)

crystallize क्रिस्ट-लाइज़ *vt* & *i* **1** रवेदार या कणिकामय बनाना या तनना, **2** *fig* निश्चित और स्थायी रूप धारण करना, ठोस या स्थायी आकार ग्रहण करना [His vague ideas ~d into a definite plan]

cub कब *n* & *vt* **1** लोमड़ी, रीछ, शेर आदि जंगली जानवर का बच्चा, **2** *fig* (usu unlicked cub) अशिष्ट या गँवार या उजड्ड युवक; *vt* (of wild beast) बच्चा जनना

cubage क्यूबिज *n* घनफल (निकालना) (see foll)

cube क्यूब *n* & *vt* 1 समान लंबाई, चौड़ाई और मोटाई वाला पदार्थ, घन, 2 किसी संख्या को अपने से दो बार गुणन करने से प्राप्त होने वाली संख्या ($2\times2\times2=8$; 8 is the cube of 2), **cube-root** घनमूल (2 is the ~-root of 8); *vt* 1 (किसी संख्या का) घन निकालना या मालूम करना, 2 (वस्तु के) घनाकार टुकड़े करना

cubic क्यूबिक *a* घनाकार, त्रिघात; **~al** *a* घनाकार

cubicle क्यूबिकल *n* (छात्रावास में) छोटा (शयन-)कक्ष, कक्षक, कोठरी

cuckold ककोल्ड *n* & *vt* व्यभिचारिणी का पति; *vt* (of wife) व्यभिचार करना [to ~ one's husband]

cuckoo कुकू *n* 1 कोयल, कोकिला; **~ clock** जिसमें घंटा बजने का शब्द कोयल की कूक-जैसा होता है

cucumber क्यूकम्बर *n* ककड़ी, खीरा, **(as) cool as a cucumber** धीर एवं गंभीर, अत्यन्त शान्त स्वभाव

cucurbit क्युकर्बिट *n* कुम्हड़ा

cud कड *n* वह निगला हुआ चारा जिसे जुगाली करने वाले जानवर फिर मुंह में लाकर आराम से चबाते रहते हैं, **to chew the cud** (i) जुगाली करना, पागुर करना, (ii) *fig* सोच-विचार करना, उधेड़-बुन में लगना, मनन करना

cuddle कडल *vt* & *i* & *n* 1 आलिंगन करना, गले लगाना, लाड़-प्यार करना [to ~ a baby], 2 **to ~ up (together)** सट कर आराम से लेटना, 3 **to ~ oneself up** सिकुड़ कर लेटना; *n* आलिङ्गन, गलबहियाँ; **~some, cuddly,** *aa* आलिङ्गन करने वाला, आलिङ्गनप्रिय; आलिङ्गन-योग्य

cudgel कजल *n* & *vt* 1 डंडा, सोंटा, लाठी, 2 (*fig*) **to take up the ~s for s.o.** किसी के पक्ष में डट कर लड़ना, किसी का प्रबल समर्थन करना; *vt* डंडे लगाना, डंडों से पीटना, **to ~ one's brains for** sth किसी बात या समस्या के लिए दिमाग लड़ाना, माथा-पच्ची करना; कोई भूली हुई बात याद करने की कोशिश करना

cue^1 क्यू *n* 1 नाटक में किसी अभिनेता के अन्तिम शब्द जिन से दूसरे अभिनेता को संकेत मिलता है कि अब रंगमंच पर आने या बोलने की बारी उसकी है, संकेत, इशारा, इंगित, अभिनय-संकेत, कर्तव्य-संकेत **on ~** संकेत पाते ही, ठीक समय पर, 2 **to take one's cue from** s.o. किसी को कुछ करता देख कर समझ जाना कि मुझे क्या या कैसे करना चाहिए, किसी से इशारा पाना, 3 **to give s.o. the cue** किसी को इशारा देना, किसी को उसका कर्तव्य बताना

cue^2 *n* बिलियर्ड का डंडा

cuff^1 कफ़ *n* कमीज़ की बांह की अगली पट्टी (जो कलाई पर आती है), कफ़; **off the cuff** (= extempore) बिना तैयारी के

cuff^2 *vt* & *n* तमाचा मारना, थप्पड़ मारना; *n* मुक्का, घूंसा, थप्पड़

cui bono L क्वी बोनो; किस (के) लाभ के लिए? क्या या किसे फ़ायदा हुआ?

cuirass क्विरैस *n* 1 वक्षस्त्राण, उरस्त्राण, 2 कृत्रिम श्वास-क्रिया का उपकरण, श्वसित्र

cuisine F क्विज़ीन *n* रसोई, पकाने का ढंग, पाकविधि

cul-de-sac F कल्-द-सैक *n* बन्द गली

culinary कलिनरि *a* 1 पाकशाला या पकाने से संबंधित, ~ art पाक-कला, 2 पकाने योग्य [~ plants]

cull कल *vt* & *n* 1 (फूल) चुनना, (फल) तोड़ना, 2 चुनना, चयन करना, छांटना, छाँट कर निकालना या लेना [verses ~ed from the Gita]; *n* 1 चयन, 2 (प्राय: प्रजनन के अयोग्य होने के कारण) मांस के लिए वध किया हुआ पशु

culminant कल्मिनन्ट *a* चोटी का, चोटी या शिखर पर स्थित, (of star etc) आकाश में सब से ऊँचे स्थान पर पहुंचा हुआ

culminate कल्मिनेट *vi* 1 चोटी या शिखर पर पहुँचना, परम उत्कर्ष या पराकाष्ठा को प्राप्त होना, 2 **to ~ in** sth कोई बात (किसी का) परिणाम या नतीजा होना, किसी बात में (किसी का) अन्त होना [disasters that ~d in bankruptcy], 3 (of star) सबसे ऊँचे स्थान पर पहुँचना

culmination कल्मिनेशन *n* 1 (of star) अधिकतम ऊँचाई (पर पहुँचना), शिरोबिन्दु (पर पहुँचना) 2 *fig* शिखर, चोटी, चरम सीमा, पराकाष्ठा, चरमोत्कर्ष [the ~ of his career]

culpable कल्प-बल *a* अपराधात्मक, दोषपूर्ण, सदोष, दंडनीय, निन्दनीय, **~ homicide** दंडनीय मानव-वध, ~ negligence निन्दनीय उपेक्षा या बेपरवाही, to hold s.o. ~ किसी को दोषी या निन्दनीय ठहराना

culprit कल्प्रिट *n* अपराधी, दोषी, मुजरिम

cult कल्ट *n* 1 उपासना, पूजा; उपासना-विधि, पूजाविधि, 2 पद्धति, पन्थ, सम्प्रदाय, 3 (व्यक्ति की) पूजा या भक्ति, (पदार्थ की) पूजा, **the cult of personality** व्यक्ति-पूजा

cultivate कल्टिवेट *vt* 1 खेती करना, खेती-बाड़ी करना, (ज़मीन को) जोतना, जोतना-बोना, to ~ vegetables सब्जियां उगाना या लगाना, 2 (मन, रुचि, आचार-विचार को) परिष्कृत करना, सुधारना, संवारना, (कला आदि को) उन्नत करना, बढ़ाना, संवर्द्धन करना, पोषण करना, 3 **to ~ s.o., s.o.'s acquaintance** किसी (का अनुग्रह प्राप्त करने के लिए उस) से मेल-जोल बढ़ाना [He is cultivating the M.P. of his area]

cultivation कल्टिवेशन *n* 1 खेती, खेती-बाड़ी, कृषि, जोताई, 2 परिष्कार, 3 (कला आदि का) संवर्द्धन, उन्नति

cultivator कल्टिवेटर *n* 1 कृषक, किसान, खेतिहर, 2 जमीन ज़ोतने का यन्त्र-विशेष, कल्टीवेटर

cultural कल्चरल *a* (see foll) 1 कृषि-संबंधी, 2 पालन-संबंधी, 3 संस्कृति-संबंधी, सांस्कृतिक

culture कल्चर *n* & *vt* 1 जोताई, 2 (मधु-मक्खियों, रेशम के कीड़ों, मछली आदि का) प्रजनन, पालन, संवर्धन [fish ~], 3 परिष्कार, सुधार, संवार, प्रशिक्षण, 4 संस्कृति, शिष्टता, he lacks ~ उसमें शिष्टता नहीं है, *vb* 1 जोतना, बोना, 2 प्रजनन या पालन करना[to ~ bacteria etc], 3 सुधारना, परिष्कार करना, प्रशिक्षण देना, शिष्ट बनाना

cultured *a* 1 **the** ~ शिष्ट जन, 2 ~ **pearl** सीपी में डाले गये कण के इर्द-गिर्द कीड़े के द्वारा बनाया गया मोती, प्रजनित मोती

culvert कल्वर्ट *n* 1 सड़क के नीचे उसके आर-पार बनी नाली, नाला, मोरी, 2 पुलिया, 3 बिजली के तार (cable) के लिए भूगत नाली

cum कम L *prep* साथ, सहित, **cum dividend** लाभांश-सहित

cumber कम्बर *vt* & *n* (*liter*) बाधा डालना, बाधास्वरूप होना; बोझ या भार डालना, भार-स्वरूप होना, लाद देना [~ed **with** sth]; *n* बाधा, विघ्न, भार, बोझ

cumbersome कम्बर्सम *a* 1 भारी, बोझिल, भारी भरकम, जिसे सभाला न जा सके, असुविधाजनक, 2 भद्दा, बेडौल

cumbrous कम्ब्रस *a* =cumbersome

cumulate क्यूम्युलेट *vt* & *i*=accumulate

cumulative क्युम्युल-टिव *a* जिसमें उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही हो, क्रमशः बढ़ता हुआ, वर्धमान, सामूहिक, सम्मिलित, पुंजीभूत, ~ **effect** सामूहिक या सम्मिलित प्रभाव, ~ **voting** सामूहिक मतदान पद्धति (जिस में प्रत्येक मतदाता उतने मत दे सकता है जितने कुल उम्मीदवार हों, और चाहे तो सारे मत एक ही उम्मीदवार को दे दे)

cumulus क्यूमुलस *n* 1 ढेर, राशि, पुंज, 2 मेघ-पुंज

cuneiform क्यूनिफ़ॉर्म *a* & *n* पच्चर (ɒ) के आकार का, कीलाकार; *n* असीरिया और ईरान की कीलाकार लिपि, कीलाक्षर

cunning^1 कनिङ्ग *n* 1 चालाकी, धूर्तता, मक्कारी, 2 *arch* योग्यता, चतुराई, दक्षता, सूझबूझ

cunning^2 *a* 1 चालाक, धूर्त, मक्कार, 2 *arch* चतुर, दक्ष, 3 चतुराई का, सूजबूझ का [a ~ trick]

cunt कन्ट *vulg* भग

cup कप *n* & *vt* प्याला, कटोरा, चषक, 2 भाग्य, किस्मत, सुख अथवा दुःख का अनुभव, **a bitter cup** दुःखद अनुभव, 3 **one's ~ of tea** *colloq* अपनी रुचि या पसंद की वस्तु [That's not my ~ of tea], 4 **to be in one's cups** नशे में चूर होना, *vt* 1 प्याले के आकार का बना लेना [He ~ped his hands to catch the ball], 2 *hist* (व्यक्ति का) खून निकालना

cupboard कबर्ड *n* (बरतन, खाने-पीने का सामान रखने की) अलमारी

Cupid क्यूपिड *n* 1 (Rom *myth*) प्रेम का देवता, कामदेव, 2 सुन्दर युवक

cupidity क्यूपिडिटि *n* अतितृष्णा, धनलिप्सा, लोभ, लालच

cupola क्यूपलः *n* गुम्बज, गुम्बद

cupreous क्यूप्रिअस *a* तांबे जैसा, ताम्रवत्, ताँबे का, **cupric** क्यूप्रिक *a* ताँबे वाला, जिसमें तांबा हो, ताम्रमय

cur कर *n* 1 बाजारी कुत्ता, कटहा या काट खाने वाला कुत्ता, 2 नीच, कमीना, डरपोक, बदमिजाज आदमी

curable क्यूअर-बल, क्योर-बल *a* (f. cure) जिसका इलाज हो सके, जिसे ठीक किया जा सके, चिकित्सा-योग्य, चिकित्स्य

curacy क्युअ-रसि *n* (f. foll) छोटे पादरी का पद, सहकारी पादरी का पद

curate क्युअ-रिट *n* 1 ज़िला पादरी का सहायक, छोटा पादरी, 2 पादरी की संपदा (जिससे उसका निर्वाह होता है)

curative क्युअर-टिव *a* & *n* रोग दूर करने वाली (औषध), रोगहर, आरोग्यकारी, किसी खराबी को दूर करने वाली (वस्तु या उपाय), उपचारात्मक

curator क्युअरेटर *n* 1 अध्यक्ष, प्रबन्धक, 2 संग्रहालय का अध्यक्ष, संग्रहाध्यक्ष

curb कर्ब *n* & *vt* 1 घोड़े के मुंह में लगने वाली पट्टी या ज़ंजीर जिससे घोड़े को काबू में रखते हैं, दहाना, 2 *fig* रोक, नियन्त्रण, काबू, संयम, निग्रह, दमन, 3 (किसी बेलनाकार वस्तु के सिरे पर लगने वाला) लकड़ी या लोहे का चक्र, चक्का, (कुएं के मुंह पर का चक्कर), 4 =kerb, 5 ~ **roof** दुढालू छत; *vb* रोकना, रोकथाम करना, नियन्त्रण करना, काबू या वश में रखना, निग्रह करना, दमन करना [to ~ one's anger, passions, etc]

curcuma कर्क्यूमः *n* 1 हल्दी, हरिद्रा, ~ **paper** क्षार-परीक्षा के काम आने वाला हरिद्रायुक्त काग़ज़

curd कर्ड *n* (usu in *pl*) 1 दही, दधि, 2 (in *comb*:) दही-जैसी चीज़

curdle कर्डल *vt* & *i* 1 (दूध, खून आदि) जम जाना; दही जमाना या जमना, 2 (*fig*) **to ~ the blood** (डर से) रोंगटे खड़े कर देना, **blood-curdling tale** रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी

cure (क्युअर, क्योर) *n* & *vt* & *i* 1 इलाज, चिकित्सा, उपचार, 2 स्वास्थ्य-लाभ; *vt* & *i* 1 इलाज या चिकित्सा करना, स्वस्थ या नीरोग कर

देना, ठीक कर देना [to ~ s.o. **of** sth]; ठीक होना, 2 (मांस, फल आदि को) नमक लगा कर सुरक्षित करना, खराब होने से बचाना, 3 कन्करीट या पलस्तर को (गीला रख कर) पक्का करना; **curing** *n* तराई; **cure-all** *n* सब रोगों की दवा, सर्वरोग हर; **~-less** *a* ला-इलाज, असाध्य, अचिकित्स्य

curfew कर्फ़्यू *n* 1 *hist* मध्ययुगीन यूरोप में रात में निश्चित समय पर घरों में आग बुझा देने का आदेश, कर्फ़्यु, 2 आग बुझाने की घंटी, 3 वह समय जिसके बाद लोगों का बाहर निकलना मना होता है क़र्फ़्यू; A ~ was imposed on the city नगर में कर्फ़्यू लगा दिया गया; The ~ was relaxed for two hours दो घण्टे के लिए कर्फ़्यू उठा लिया गया; to lift the ~ कर्फ़्यू ख़त्म करना

curio क्युअ-रियो *n* विचित्र कलाकृति, कला की अद्भुत वस्तु

curiosity क्युअरियॉसिटि *n* 1 कौतूहल, कुतूहल, उत्सुकता, जिज्ञासा, जानने की प्रबल इच्छा, I was burning with ~ मैं जानने को अधीर हो रहा था, I asked him out of ~ मैंने कुतूहल-वश उससे पूछा, 2 विलक्षणता, 3 **a** ~ विलक्षण पदार्थ, अनोखी चीज़

curious क्युअ-रिअस *a* 1 उत्सुक, इच्छुक, जिज्ञासु, कुतूहली [~ **to** know], 2 विचित्र, विलक्षण, अनूठा, अनोखा, निराला, अजीब, आश्चर्यजनक; ~ly *adv* अजीब बात यह है कि

curl^1 कर्ल *n* 1 घुंघराला बाल, घुंघर, 2 पेचदार या छल्लेदार वस्तु, 3 पेच, छल्ला, पेचदार या छल्लेदार अवस्था; **~ly** *a* घुंघराला, छल्लेदार

curl^2 *vt* & *i* 1 बल देना या खाना, मोड़ना, मुड़ना, छल्लेदार या पेचदार बनाना या बनना, कुंडलाकार बनना या बनाना; to ~ sth **round** sth किसी चीज़ को किसी चीज़ के इर्द गिर्द लपेटना, 2 **to ~ s.o.'s hair; to make s.o.'s hair ~** (*fig*) भयभीत करना, 3 **to ~ up** (*fig*) भयभीत होना, लज्जा से गड़ जाना

curlew कर्ल्यू *n* जलचर पक्षी-विशेष, गुलिन्दा

curmudgeon कर्-मजन *n* नीच, कंजूस, कमीना

currant करन्ट *n* सुखाया हुआ बेदाना अंगूर, किशमिश

currency करन्सि *n* 1 मुद्रा, सिक्का, चालू मुद्रा या सिक्का, **hard currency** जिसके मूल्य में बहुत उतार-चढ़ाव न हो, दुर्लभ मुद्रा, **soft currency** जिसका अन्य मुद्राओं से विनिमय आसान न हो तथा जिसका मूल्य घटने की संभावना हो, सुलभ मुद्रा, **~ note** काग़ज़ी मुद्रा, नोट, 2 (मुद्रा, शब्दों, विचारों आदि का) चलन, प्रचलन, रिवाज, (खबर या अफवाह का) फैलना, **to give ~ to a report, rumour** खबर, अफ़वाह, फैलाना, 3 समय या अवधि जिसमें कोई चीज चालू रहे, प्रचार-काल

current^1 करन्ट *a* 1 (मुद्रा, शब्द, विचार) जिसका चलन हो, प्रचलित, चालू, (अफवाह, समाचार) फैला हुआ, 2 **to be ~, to pass ~** चालू या प्रचलित होना, मान्य होना, 3 (of time) जो जा रहा या चल रहा हो, चालू, ~ week, month चालू सप्ताह, महीना, 4 आजकल का, आधुनिक, सामयिक, वर्तमान], the ~ dispute trouble, trend, etc], **~ affairs, events** सामयिक या आधुनिक घटनाएं, सामयिकी, **~ account** चालू लेखा या खाता; ~ly *adv* इन दिनों, आजकल, इस समय [it is ~ly reported that...]

current^2 *n* 1 नदी, पानी की धारा, 2 बहाव, प्रवाह, to drift with the ~ बहाव के साथ बहना, ज़माने के साथ चलना; the ~ of thought विचारधारा, 3 रुझान, प्रवृत्ति, रुख, the ~ of events घटनाओं का रुख, 4 (बिजली की) धारा

curriculum क-रिक्युलम *n* पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्या, पाठ्य विषय; **curricular** *a* पाठ्यक्रम का

currier करिअर *n* कमाये हुए चमड़े को साफ़ करने और रंगने वाला (see curry^2); चर्मकार

currish करिश *a* नीच, कमीना, बदमिजाज, चिड़चिड़ा

curry^1 करि *n* & *vt* पकाई हुई सब्जी-भाजी, कढ़ी, पकाया हुआ मांस, कलिया, **~-powder** सब्ज़ी आदि पकाने के लिए हल्दी आदि का मसाला; *vt* मसाला डाल कर (सब्ज़ी आदि) पकाना, (सब्ज़ी को) सुगंधित एवं स्वादिष्ट बनाना

curry^2 *vt* 1 (घोड़े को) खरहरा करना, 2 कमाये हुए चमड़े को साफ़ करना, 3 *fig* (किसी को) मात देना, हराना, (किसी से) बाज़ी ले जाना, **to ~ favour with s.o.** (कर्तव्य से अधिक या कर्तव्य से भिन्न काम कर के या चापलूसी से) किसी का कृपापात्र बनना, किसी का अनुग्रह प्राप्त करना, किसी को खुश करने की कोशिश करना

curse^1 कर्स *n* 1 शाप, अभिशाप (*lit* & *fig*) [**to be under a ~; to lay** s.o. **under a ~**], 2 दुःखदायी बात या वस्तु, लानत, बला, मुसीबत, विपत्ति, जंजाल [These formalities are a ~], 3 धिक्कार, लानत, a ~ on the traitor! देशद्रोही को धिक्कार!

curse^2 *vt* & *i* 1 शाप या अभिशाप देना, बद-दुआ देना, 2 कोसना, धिक्कारना, लानत भेजना, 3 (in *pass*) **to be ~d with** (रोग आदि से पीड़ित होना; He is **~d with** asthma वह दमे से पीड़ित है

cursed कर्सिड *a* जघन्य, घृणित, बहुत ख़राब, what ~ weather! कितना ख़राब मौसम है!

cursive कर्सिव *a* & *n* 1 घसीट कर लिखा हुआ, [~ handwriting]; *n* घसीट, जल्दी में लिखा हुआ अस्पष्ट लेख (opp. uncial)

cursorial कर्-सॉरियल *a* जिसके अङ्ग उसे दौड़ने के योग्य बनाते हों, ~ birds दौड़ने वाले पक्षी

cursory कर्-सरि *a* जल्दी से किया हुआ, सरसरी

[a ~ glance, inspection]; **cursorily** *adv* सरसरी तौर से

curt कर्ट *a* (of reply, person etc) संक्षिप्त और रूखा, a ~ reply टुक्का-सा जवाब

curtail कर्-टेल *vt* 1 कम करना, घटाना, छोटा करना, संक्षिप्त करना, (लेख आदि में) काट-छाँट करना, 2 to ~ s.o. of his privileges किसी को विशेषाधिकारों से वंचित करना; **~ment** *n* काट-छाँट; घटाव

curtail-step *n* (*archit*) सीढ़ियों की सब से निचली पैड़ी जिसके दोनों सिरे सजावट के लिये बाहर को मोड़ कर कुण्डलाकार बना दिये जाते हैं, कुण्डल पैड़ी, वलयित पैड़ी

curtain कर्टन *n* & *vt* 1 (दरवाज़े, खिड़की या थियेटर का) पर्दा, (थियेटर का) पट, यवनिका, **to draw the ~ aside** पर्दा हटाना, the ~ rises, is raised पर्दा उठता है, नाटक शुरू होता है; the ~ falls पर्दा गिरता है, नाटक समाप्त होता है; **to ring down the ~** पर्दा गिराना, नाटक या कोई समारोह समाप्त करना, 2 *archit* सादी दीवार जिस पर छत (का भार) न हो, पर्दा, 3 **~-lecture** (*arch*) शयनागार में पत्नी द्वारा पति की भर्त्सना, 4 **curtain-raiser** (*theatr*) प्रस्तावना, (*journ*) पूर्व-सूचना; *vt* 1 पर्दा लगाना, पर्दा लगाकर (जगह को) अलग कर देना [to ~ **off** part of the drawing-room]

curtsy, -sey कर्ट्सि *n* & *vi* (पाश्चात्य देशों में, स्त्री का) नत-जानु हो कर अभिवादन करना [to make, drop, a ~ **to** s.o.]; *vi* to ~ **to** s.o. नत-जानु हो कर किसी को अभिवादन करना

curvature कर्व-चर *n* 1 गोलाई, वक्रता, 2 गोल या वक्र आकार

curve कर्व *vt* & *i* & *n* 1 मोड़ कर गोल करना, मुड़ कर गोल होना, 2 (सड़क का) घूम जाना, बल खाना; *n* 1 गोल रेखा, वक्र, 2 वक्र आकार, वक्रता, गोलाई, बांक, **बल, मोड़**, 3 वक्र वस्तु

curvet कर्वे ट *n* & *vi* (घोड़े का) अगली दो टाँगें उठा कर इस तरह कूदना कि अगली टांगें धरती पर लगने से पहले पिछली टाँगें उठ जायें, फलांग, उछाल, कुदान, झंप; *vt* (of horse or rider) फलांग लगाना. फलाँगना

curvilinear कर्वि-लिनिअर *a* वक्र रेखाओं से घिरा हुआ, वक्ररेखावृत; वक्र रेखाओं से बना हुआ, वक्ररेखी, वक्ररेखीय

cuscus कस्कस *n* ख़ुस, ख़ुसख़ुस, एक प्रकार की सुगंधित घास की जड़

cusec क्यूसें क *n* एक घन-फुट प्रति सैकंड (जल प्रवाह), क्यूसेक

cushion कुशन *n* 1 गद्दा, गद्दी, तकिया, मसनद, 2 (सूअर आदि के) पुट्ठे का मांसल भाग, 3 धक्के का ज़ोर कम करने का उपकरण, आघात-प्रशामक, 4 होवर क्राफ़्ट (hovercraft) के नीचे हवा की तह

cushion^2 *vt* 1 गद्दा लगाना या रखना, 2 गद्दा रख कर सुरक्षित करना, 3 आघात की तीव्रता को कम करना, 4 (शिकायत आदि को) दबा देना

cushy कुशि *a* (*sl*) (of post, job, task, etc) आसान, आराम का, मज़े का, मज़ेदार [Anglo-Ind f. ख़ुश]

cusp कस्प *n* 1 चोटी, शिखर, नोक, 2 cusp of the moon धनुषाकार बाल चन्द्र के दो सिरो में से एक, सिरा, नोक, 3 ~ of tooth दन्ताग्र, 4 *math* उभयाग्र, 5 *bot* पत्ते आदि की नोक

cuss कस *n* 1 *colloq* अभिशाप, 2 *derog* बंदा, व्यक्ति, प्राणी

cussed कसिड *a* (*colloq*) टेढ़ा, दुष्ट, ढीठ; **~ness** कसिड्निस *n* टेढ़ापन, कुटिलता, दुष्टता, **out of pure** *or* **sheer ~ness** केवल (लोगों को) तंग करने के लिए

custard कस्टर्ड *n* दूध में अंडा मिला कर बनाई गई फिरनी, कस्टर्ड

custodial कस्टोडिअल *a* अभिरक्षण या संरक्षण संबंधी, देखभाल का, रखवाली का

custodian कस्टोडिअन *n* (बच्चे का) अभिभावक, अभिरक्षक, संरक्षक, (संपत्ति आदि का) अभिरक्षक, रखवाला

custody कस्टडि *n* 1 अभिरक्षण, संरक्षण, देखभाल, रखवाली, निगरानी, **in safe ~** (भली भान्ति) सुरक्षित, the father has the ~ of the child पिता बच्चे का संरक्षक है; the child is in the ~ of the father बच्चा पिता के संरक्षण में है, 2 कैद, हिरासत, हवालात [**to be in ~; to take, give, s.o. into ~**]

custom कस्टम *n* 1 रीति, रिवाज, प्रथा, रूढ़ाचार, 2 आदत, अभ्यास, तरीका, ढंग, 3 in *pl* विदेश से आने वाले माल पर लगने वाला कर, आयात-कर, सीमा कर, सीमा-शुल्क, चुंगी, ज़कात; **~s-house** ज़कात-कार्यालय, चुंगी-घर, सीमाशुल्क चौकी, **The Customs** आयातकर-विभाग, 4 (of shop, business, etc) गाहक, गाहकी This shop draws plenty of ~ इस दुकान की बहुत गाहकी है

customary कस्टमरि *a* & *n* प्रथागत, प्रथानुसार, प्रचलित, रूढ़, आदत या अभ्यास के अनुसार, रीति के अनुसार, साधारण, आम [it is ~ to tip the bearer]; ~ **law** परम्परागत कानून; *n* ग्रन्थ जिस में किसी देश के रीति-रिवाज संकलित हों, प्रथा-संकलन; **customarily** *adv* साधारणतया, आम तौर पर

customer कस्टमर *n* गाहक, ख़रीदार; व्यक्ति जिस के साथ बरतना पड़े, (*colloq*) **a queer ~** अजीब या टेढ़ा आदमी (जिसके साथ बरतना कठिन हो)

cut^1 कट *n* 1 काट, काट-छांट, कटाव, कटौती [wage cut], 2 चाकू या तलवार का वार अथवा घाव, ज़ख़्म, (चाबुक का) प्रहार, आघात, चोट, मार, **cut and thrust** वाद-विवाद में परस्पर आक्षेप, नोक-झोंक;

the unkindest cut of all दु:खी को और दु:खी करने वाली बात, जले पर नमक छिड़कना, 3 मर्मभेदी बात, बोली, बोली-ठोली, ताना, व्यंग्य [That remark was a ~ at me], 4 (परिचित व्यक्ति को) अभिवादन (या सलाम) किये बिना पास से गुजर जाना (मानों पहचाना नहीं), 5 कोटि, दर्जा, **to be a cut above s.o.** किसी से तनिक बढ़ कर होना; that's **a** ~ above me यह बात मेरी समझ के बाहर है, मेरी पहुंच के बाहर है, **6 short-cut** छोटा रास्ता ; ***fig* छोटा तरीका**

cut^2 *vt* & *i* I **1** काटना, कटना, (चाकू, तलवार, आदि से) आघात या प्रहार करना, चीरना, घाव करना, to cut one's finger (असावधानी से) अपनी उंगली काट लेना, to have one's hair cut बाल कटवाना, **2 to cut s.o. to the quick** (बात का) किसी को चुभना the remark cut him to the quick यह बात उसे बहुत चुभी, **3 to cut the knot** (*fig*) समस्या को जैसे-तैसे हल कर लेना, **4** (*fig*) **the argument cuts both ways** यह दलील पक्ष और विपक्ष में समान रूप से लागू होती है, **5** कटौती करना [to cut wages], **6 to cut it fine**(*colloq*) अपने पास (अपेक्षित पदार्थ वि० समय का) न्यूनतम रखना, 7 (*fig*) **to cut sth short** किसी चीज़ को काट कर छोटा कर देना; संक्षेप करना, To cut a long story short, I have left the job सारांश यह है कि मैंने नौकरी छोड़ दी है, किस्सा कोताह यह कि मैंने..., **8 to cut s.o. dead** किसी परिचित व्यक्ति को अभिवादन किये बिना पास से गुज़र जाना (मानों पहचाना नहीं) [he cut me dead in the street], **9** to cut a lecture पढ़ाई के समय कक्षा में अनुपस्थित रहना, **10 to cut a tooth** (बच्चे का) दान्त निकालना; **to cut one's eye-teeth** *or* **wisdom-teeth** (*fig*) बुद्धि या विवेक का विकास होना; II (with *advv* & *prepp*) **to cut across** के प्रतिकूल जाना [Voting on the motion cut across party loyalties], **to cut sth back** कटौती करना [to cut back production]; **cut-back** *n* कटौती [a cut-back in oil production , defence expenditure, etc.], **to cut s.o. down to size** (*colloq*) किसी को जता देना कि वह इतना बड़ा नहीं है जितना कि अपने को समझता है; **to cut in**; **to cut into** the conversation etc बीच में बोल पड़ना; **to cut off** (i) काट कर अलग या अलग-थलग कर देना [The area has been cut off by floods], (ii) रुकावट या बाधा डालना, काट देना [Communications have been cut off]; Supplies have been cut off रसद मिलनी बन्द हो गई है, **to cut s.o. off with a shilling** कुछ टके देकर उत्तराधिकार से वंचित कर देना, किसी (उत्तराधिकारी) के लिए संपत्ति का बहुत थोड़ा अंश छोड़ना, **to cut out** काट कर अलग कर देना, निकाल देना [Cut out the superfluous details], **to be cut out for a position** (*colloq*) किसी पद के लिए विशेष योग्यता रखना, के लिए बना होना [He was not cut out for military service]; **cut-out** *n* (i) मोटर कार में गैस को निकालने का उपकरण, गैस छिद्र, (ii) कागज आदि से काट कर बनाई आकृति या चित्र; **to cut up** (i) काट कर टुकड़े-टुकड़े कर देना, (ii) (ग्रन्थ की) कटु आलोचना करना, धज्जियां उड़ाना [the reviewers cut up his book]; *pp* **cut & dried** opinions etc. दृढ़ और अपरिवर्तनीय मत आदि; *comb*: **cut-purse** (*arch*) जेब कतरा, **cut-throat** हत्यारा, (*attrib*) cut-throat competition लाग-डाँट की या घातक प्रतियोगिता, ज़बरदस्त मुकाबला

cutaneous क्यूटेनिअस *a* त्वचा का, त्वचीय, त्वक्-

cute क्यूट *a* (*colloq*) **1** होशियार, समझदार, सयाना, **2** सुन्दर, मुग्ध करने वाला

cuticle क्यूटिकल *n* बाहरी या बाह्य त्वचा, बाहर की खाल, उपत्वचा, बाह्य चर्म, उपचर्म

cutis क्यूटिस *n* बाह्य त्वचा के नीचे की त्वचा (असली) त्वचा, चर्म

cutlass कट्लस *n* (चौड़े और तनिक मुड़े हुए फल वाली) छोटी तलवार, कृपाण, कटार

cutler कट्लर *n* छुरी-काँटा बनाने या बेचने वाला, छुरीसाज

cutlery कट्लरि *n* **1** छुरी-काँटा (आदि चीजें), **2** छुरी-कांटे बेचने का काम

cutlet कट्लिट *n* (तलने के लिये या तला हुआ) माँस आदि का टुकड़ा, कटलेट

cutter कटर *n* **1** काटने वाला (व्यक्ति या औजार), कर्तक; tailor's ~ कपड़ा कतरने वाला, **2** युद्ध-पोत की नौका, **3** छोटा पोत

cutting *n* & *a* **1** (रेल की पटरी बिछाने, सड़क बनाने आदि के लिए जमीन की) कटाई, **2 press-**~ समाचार पत्र की कतरन, लेख आदि की कतरन, **3** *a* काटने वाला, चुभने वाला, चुभता हुआ, मर्मभेदी a ~ remark चुभती हुई बात, *n* (पेड़ की) कलम

cutwater *n* जहाज के अग्रभाग की नोक (जो पानी को चीरती जाती है)

cutworm *n* सूंड़ी (जो नये पौधों को खा जाती है)

cyanide साइअ-नाइड *n* सायनोजन का यौगिक, (see foll) सायनाइड

cyanogen साइ-ऐनजिन *chem* नाइट्रोजन और कार्बन का यौगिक, सायनोजन, एक विषैली गैस

cyanosis साइअ-नोसिस *n*(*med*) खून में आक्सीजन की कमी के कारण शरीर पर पड़ने वाला नील, नीलापन, श्यामता

cycle साइकल *n* & *vi* **1** क्रमानुसार बार बार होने वाली घटनाओ का सिलसिला, घटनाचक्र, आवर्तन, ~ of births and deaths आवागमन

का चक्र, ~ of seasons ऋतु माला, 2 युग, दौर, ज़माना, किसी घटना के पूरा होने की अवधि, 3 संपूर्ण श्रृंखला, माला, ~ of poems; song-~ एक ही घटना या विषय पर लिखी गई कविताओं का संग्रह, पद्यमाला, 4 दो या तीन पहियों की गाड़ी, साइकिल, बाईसिकल, ट्राईसिकल, ~-**track**, ~-**way** साइकल-पथ; *vi* साइकिल चलाना, साइकिल पर जाना

cyclic, -ical साइक्लिक, -ल *aa* 1 चक्र या पहिये की भाँति घूमने वाला, चक्रवत्, चक्रीय, 2 कालक्रम संबंधी, 3 पद्यमाला का, पद्यमाला-संबंधी [~ poet]

cyclist साइक्लिस्ट ' *n* साइकिल चलाने वाला, साइकिल सवार

cycloid साइक्लॉइड *n* चक्राभ

cyclone साइक्लोन *n* 1 कम दवाव वाले बिन्दु के इर्द-गिर्द घूमने वाली हवा, चक्रवात, बवण्डर, 2 अंधड़, तेज़ आंधी, तूफ़ान

cyclonic साइक्लॉनिक *a* चक्रवाती, चक्रवात या बवंडर का, ~ **storm** तूफ़ान, तेज़ आंधी, अंधड़, ~ rain अंधड़ के साथ वर्षा

cyclop(a)edia साइक्ल-पीडिअ *n*=encyclopaedia

Cyclopean, -clopian साइक्लोपिअन *a* (see foll) साइक्लोप नामक ग्रीक राक्षस की भाँति बड़ा, बृहदाकार, महाकाय, भारी भरकम, ~ masonry बिना तराशे बड़े-बड़े पत्थरों से चिनाई करने का प्राचीन ढंग

Cyclops साइक्लॉप्स *n* (Gk *myth*) राक्षस जिस की एकमात्र आंख माथे पर थी, साइक्लोप

cyclostyle साइक्ल-स्टाइल *n* & *vt* 1 लोहे की नुकीली कलम या टाइप-राइटर से कटी हुई स्टेनसिल-प्लेट से छपाई करने की मशीन, साइक्लोस्टाइल; *vt* साइक्लोस्टाइल करना

cygnet सिग्निट *n* हंस का बच्चा, हंसशावक

cylinder सिलिन्डर *n* 1 बेलन, सिलेण्डर, 2 कई मशीनों का बेलनाकार खोखला या ठोस भाग, 3 मुद्रणयन्त्र का रोलर; **cylindrical** *a* बेलनाकार

cymbal सिम्बल *n* झाँझ, छैना, मजीरा; ~**ist** *n* झाँझ बजाने वाला

cynic सिनिक *n* & *a* 1 *hist* भोग-विलास के जीवन से सख़्त घृणा करने वाले ग्रीक दार्शनिक संप्रदाय का अनुयायी, भोग-विलास से घृणा करने वाला, 2 *a* दोषान्वेषी, मानव की सद्भावना पर सन्देह करने वाला, छिद्रान्वेषी, सनकी, नकचढ़ा

cynical सिनिकल *a* 1 मानव-मात्र की अच्छाई में अविश्वास करने वाला, छिद्रान्वेषी, नकचढ़ा, तीखा व्यंग्य करने वाला, 3 व्यंग्यपूर्ण, व्यंग्यात्मक [a cynical remark], चुभनेवाला, तीखा, मर्मबेधी

cynicism सिनिसिज़्म *n* 1 भोगविलास से घृणा का सिद्धान्त, 2 छिद्रान्वेषण, 3 तीखा व्यंग्य

cynosure सिन-ज्युअर, (U.S.) साइन-शुअर *n* 1 पथप्रदर्शक तारा, 2 आकर्षण-केन्द्र, जिस की ओर सब आकर्षित हों, जिसकी सब प्रशंसा करें [she was the ~ of every eye]

cypher साइफ़र *n* =cipher

cy pres सी-प्रे *adv* & *a* (*law*) (वसीयत करने वाले के अभिप्राय के) अधिकाधिक अनुरूप, तदनुरूप

cypress *n* 1 सरू (का पेड़), 2 सरू की शाखा (जिसे शोक का चिन्ह माना जाता है)

Cyprian सिप्रिअन *a* & *n* (भूमध्यसागरवर्ती) साइप्रस टापू का (निवासी)

Cypriot(e) सिप्रिअट, सिप्रियोट *a* & *n* (see prec) साइप्रस का (निवासी)

cyst सिस्ट *n* 1 *biol* प्राणियो और पौधों में पाई जाने वाली थैली जिस में द्रव रहता है (मूत्राशय आदि), कोषं, 2 *path* कृमिकोष; ~**ic** सिस्टिक *a* 1 मूत्राशय-संबंधी, 2 पित्ताशय-संबंधी, 3 कृमिकोष-जैसा

czar, tsar, tzar ज़ार *n* (*hist*) रूस का सम्राट्, ज़ार; **czarina, tsar-** ज़ारीन: *n* रूस की सम्राज्ञी, ज़ार की पत्नी

Czech चेक *n* & *a* चैकोस्लोवाकिया के अन्तर्गत बोहीमिया (Bohemia) प्रदेश का (निवासी); (loosely) चैकोस्लोवाकिया का [*e.g.* the Czech government]

Czechoslovak चैकोस्लोवैक *a* & *n* चैकोस्लोवाकिया का (निवासी)

Dd

D,d डी, अंग्रेज़ी वर्णमाला का चौथा वर्ण; *abbrs* D=doctor, **d.** (i)=daugther, (ii)=died [as d. 1948]; **D.D.** (Doctor of Divinity); **D.D.T.** (dichloro diphenyl trichloroethane) सफ़ेद रंग का कीटनाशक पदार्थ, डी०डी०टी०; **DM** (Deutsche mark) जर्मनी का सिक्का; **D.Phil**; **Ph.D.** (Doctor of Philosophy); **D.Sc.** (Doctor of Science)

'd *colloq clipping of* 'had' & 'would,' chiefly after I, we, you, he, she & they. I 'd like to go= I would like..., I 'd better go= I had better...

dab^1 डॅब *vt* **1** एकाएक किन्तु हल्का आघात करना, थपकना, थपथपाना, थपकी देना, **2** चोंच मारना, **3** स्पंज, रूमाल या गद्दी से थपथपाना (किन्तु रगड़ना नहीं), पुचारा देना

dab^2 *n* **1** हल्का आघात, थपकी, थपथपी, **2** ब्रुश से थपथपा कर (न कि घसीट कर) लगाया गया रंग आदि, पुचारा; स्याही का धब्बा

dabble डॅबल *vt & i* **1** थोड़ी-थोड़ी देर बाद भिगोना, थोड़ा-सा भिगोना, छपछपाना; हाथ, पाँव या चोंच से पानी में छपछप करना, पानी में हाथ-पाँव मारना या लोटना, **2** कोई काम मनोरंजन के लिए (न कि लगन के साथ) करना, सरसरी तौर पर करना, किसी काम में थोड़ी-बहुत रुचि लेना [to **~ in** *or* **at** politics, art, etc.]; **~r** *n* पल्लवग्राही

dace डेस *n* (*pl* same) एक प्रकार की छोटी मछली

dacoit डकॉइट *n* डाकू, डकैत, लुटेरा; **~y** *n* डाका, डकैती

dactyl डॅक्टिल *n* (*pros*) metrical foot consisting of one accented syllable, followed by two unaccented ones, e.g. mes-sen-ger, mer-ri-ly, (in Skt) भगण; **~ic** *n* भगण में निबद्ध पद्य

dad, daddy डॅड, डॅडि *nn* (*colloq*) पिता

dado डेडो *n* कमरे की दीवार का नीचे का भाग जिसपर लकड़ी जड़ी गई हो या जिस का रंग ऊपर के भाग से भिन्न कर दिया गया हो, हाशिया

daffodil डॅफ़-डिल *n & a* एक प्रकार का कमल, हल्के पीले फूलों वाली नरगिस, डॅफ़ोडिल; *a* हल्का पीला

daft डाफ़्ट *a* (*colloq*) मूर्ख, पागल, सनकी, अविवेकी; विवेकहीन, मूर्खता का, to go **~** over sth किसी बात के पीछे पागल हो जाना

dagger डॅगर *n* छुरा, कटार, **to be at ~s drawn (with s.o.)** किसी का जानी दुश्मन होना, किसी से घोर शत्रुता होना, किसी से लड़ने को तैयार रहना; **to look ~s at s.o.** किसी को क्रोधभरी दृष्टि से देखना (मानो कच्चा चबा जाना चाहते हों)

dahlia डेलियः *n* डेलिया, मैक्सिको का पौधा-विशेष जिसपर विभिन्न रंगों के फूल आते हैं; **blue ~** असंभव चीज़

daily डेलि *a, adv & n* दैनिक, प्रतिदिन का, रोज़ाना, **~** servant अमानी पर काम करने वाला नौकर, **daily bread** रोज़ी, जीविका, जीवन-निर्वाह का साधन, *adv* प्रतिदिन, नित्य प्रति; *n* दैनिक समाचार-पत्र (*pl* dailies)

dainty^1 डेन्टि *n* **1** स्वादिष्ट या रुचिकर भोजन, खाने की मज़ेदार चीज़, हलुआ-पूरी, **2** *fig* मज़ेदार बात, चुटकुला

dainty^2 *a* (of food) 1 स्वादु, स्वादिष्ट, रुचिकर, मज़ेदार [**~** dishes], **2** (of person) सुकुमार, नाज़ुक, कोमल, बहुत साफ़-सुथरा [she is a **~** creature], **3** सुरुचिपूर्ण, सुरुचिसम्पन्न, **4** विलासप्रिय

dairy डेॲरि *n* गोशाला, दुग्धशाला; दूध, क्रीम और मक्खन की दुकान, डेरी; **~ing** *n* गाय-भैंस पालने और दूध-मक्खन आदि बेचने का व्यवसाय, डेरी-उद्योग

dais डे-इस, डेस *n* मंच, वि॰ हाल कमरे के सिरे पर बना मंच जिस पर मेज़ आदि रखते हैं, चबूतरा

daisy डेज़ि *n* **1** यूरोप का पुष्प-विशेष, डेज़ी **2** *sl* किसी चीज़ का बढ़िया नमूना; she is a **~** वह नारी रत्न है, ललनाकुल-ललाम है, **3 ~-chain** डेज़ी की माला

dak डाक *n* (Anglo-Indian) डाक, **dak bungalow** डाक-बंगला, **~ runner** हरकारा

dale डेल *n* घाटी

dalliance डॅलिअन्स *n* **1** विलास, रंगरली, **2** खिलवाड़, लाड़-प्यार, नखरा, चोचला, **3** दिल्लगी, हँसी, **4** टालमटोल

dally डॅलि *vt* **1** (अपना) मनोरंजन करना, जी बहलाना, खिलवाड़ करना, **2 to ~ (with a** person) लाड़-प्यार करना, नखरे करना, चोचले करना, **3** to **~ with** an idea किसी विषय में सरसरी तौर पर (न कि गंभीरतापूर्वक) विचार करना, किसी विषय में तर्क-वितर्क करना किन्तु किसी निश्चय पर न पहुंचना, **4** to **~ with** a job ध्यान लगा कर काम न करना, काम के बारे में टालमटोल करना, **5** आवारा फिरना, टालमटोल करना, **6** to **~ away** time, an opportunity व्यर्थ समय खोना, अवसर को हाथ से जाने देना

daltonism डॉल्टनिज़्म *n* वर्णान्धता, रंगों में (वि॰ हरे और लाल रंग में) भेद न कर सकना

dam^1 डॅम *n* **1** पानी को रोक कर जलाशय बनाने या बाढ़ को रोकने के लिए खड़ी की गई दीवार, बांध, पुश्ता, **2** (इस प्रकार बनाया गया) जलाशय, **3** (नदी के आर-पार का) बांध, पुश्ता

dam^2 *vt* (-mm-) **1** पानी को रोकना, बाँध बनाना, **2** *fig* रुकावट खड़ी करना, बाधा डालना; दबाना [to **~ up** one's feelings]

dam^3 *n* (वि॰ पशु की) माता, मादा

damage डॅमिज *n & vt* **1** क्षति, हानि, नुक्सान, **2** टूट-फूट, **3** (law, in *pl*) हरजाना, तावान, क्षति-पूर्ति [to sue s.o. for **~**s], **4** *sl* कीमत, लागत, **What's the damage**? कितनी लागत आई? कितने पैसे देने हैं? कितना बिल है?; *vt* **1** हानि या क्षति पहुंचाना (जिस से माल का मूल्य कम हो जाए), बिगाड़ना, तोड़-फोड़ करना, नुक्सान करना, **2** प्रतिष्ठा कम करना, बदनाम करना [the disclosure will ~ the Government], a damaging admission ऐसी स्वीकारोक्ति जिससे व्यक्ति की अपनी इज़्ज़त पर बट्टा लगे; ~**d** ख़राब हुआ हुआ; क्षतिग्रस्त, टूटा-फूटा

damask डैमस्क *n* & *a* & *vt* 1 झिलमिल बेल-बूटो वाला कपड़ा, 2 *hist* लहरिया-डिज़ाइन वाला इस्पात, 3 ~ **rose** दमिश्की गुलाब, 4 (इस का) गुलाबी रंग; *a* 1 हल्का लाल; गुलाबी, 2 बेलबूटेदार सिल्क-का या सिल्क-जैसा, 3 लहरियादार इस्पात का; *vt* 1 (कपड़े में) बेल-बूटे बुनना, 2 (इस्पात को) लहरियादार बनाना

dame डेम *n* (*arch*, *poet*, or *joc*) महिला, श्रीमती, भगवती, ~ Fortune भगवती भवितव्यता; ~ Nature प्रकृति देवी

damfool *a* & *n* (*colloq*) मूर्ख, पागल

damn डैम *vt*, *n*, & *a* 1 निन्दा करना, (पुस्तक, नाटक, चलचित्र की) कटु आलोचना करना, 2 निन्दा का कारण होना, विनाश का कारण होना, बरबाद कर देना, 3 **to** ~ **with faint praise** इतनी रुखाई से प्रशंसा करना मानो नापसन्दगी जताना चाहते हों, 4 नरक में भेजना, 5 शाप देना, धिक्कारना, कोसना, लानत भेजना; Damn your impudence धिक्कार है तेरी उद्दण्डता को! ; *n* तुच्छ राशि, बहुत मामूली रकम या चीज़, don't·care a ~ मैं तनिक भी परवाह नहीं करता! ; *a* दुष्ट; निकम्मा; घृणित

damnable डैम्न-बल *a* 1 निन्दनीय, गर्हणीय, धिक्कार-योग्य, 2 घृणित, कुत्सित, जघन्य, 3 परेशान करने वाला

damnation डैम्नेशन *n* 1. (ग्रन्थ, रंगमंच पर खेले गये नाटक की) छीछालेदर, कटु आलोचना, 2 नरक में भेजना, नरक-वास (का दण्ड), अभिशाप

damnatory डैम्नटरि *a* 1 निन्दाजनक, निन्दात्मक, भर्त्सनापूर्ण, अभिशापस्वरूप, 2 नरक में ले जाने वाला

damned डैम्ड *a* & *adv* 1 **the** ~ जिन्हें नरक में डाल दिया गया हो, नरकवासी, नरक के कीड़े, 2 निन्दनीय, जघन्य, घृणित, 3 नारकीय, 4 अप्रिय, अवांछनीय, कष्टदायक, अशुभ, बहुत खराब; *adv* अत्यन्त, बहुत अधिक, ~ hot सख़्त गर्म, ~ funny बहुत अजीब, अत्यन्त हास्यास्पद

damning डैमिंग *a* काम बिगाड़ देने वाला, चौपट करने वाला, ~ evidence ऐसा साक्ष्य अथवा प्रमाण जिससे अभियुक्त का अपराध सिद्ध हो जाये

Damocles डैमक्लीज़ *n* **the sword of** ~ सुख-सम्पत्ति के बीच अचानक आपत्ति का निरन्तर भय, निरन्तर आशङ्का, हर दम का खटका; the Damocles' sword is hanging over our heads हमें निरन्तर आशङ्का बनी रहती है [*origin:* Damocles was a flatterer of Dionysius, tyrant of Syracuse. Once he praised the happiness of Dionysius who offered him a taste of it. He set Damocles at a banquet; over his head a sword hung by a single hair]

damp^1 डैम्प *n* & *a* 1 नमी, सील, सीलन, आर्द्रता, गीलापन, 2 उदासी, निराशा, खेद, उत्साहभंग; **to cast a** ~ **over** (the company etc) साथियों पर उदासी छा जाना, 3 **damp-proof** *a* सीलन को रोकने वाला, नमी-रोक, सील-रोक, **damp-proof course** (*abbr* D.P.C.) दीवार बनाते समय लगभग फ़र्श के स्तर पर लगाई जाने वाली स्लेट या तार-कोल की परत जो नमी को ऊपर चढ़ने से रोकती है, नमी-रोक परत; *a* (कुछ--कुछ) गीला, सीला, आर्द्र; ~**en** *vt* खिन्न या निराश करना; to ~en s.o.'s spirits उत्साह भंग करना; ~**ness** गीलापन

damp^2 *vt* 1 गीला करना, 2 to ~ **down** a fire, furnace (राख आदि डालकर) आग (या अंगीठी) बुझा देना, 3 to ~ s.o.'s spirits, zeal etc किसी का उत्साह भंग करना, जोश ठंडा करना, हतोत्साह करना

damper डैम्पर *n* 1 हतोत्साह या हताश करने वाला व्यक्ति या कोई घटना, उत्साह भंग करने वाला, हिम्मत तोड़ने वाला [to put a ~ on the company], 2 चिमनी या धुआंकश में लगी धातु की प्लेट जिससे हवा का आना-जाना नियन्त्रित किया जाता है, प्रवात-नियन्त्रक, 3 *mus* अवमन्दक

damsel डैम्ज़ल *n* (*arch*, *liter*) अविवाहित युवती, रमणी

dance^1 डान्स *vi* & *t* 1 नाचना, नचाना, नृत्य करना, 2 to ~ for joy खुशी से उछलना या उछल पड़ना, 3 to ~ to s.o.'s tune (*or* pipe) किसी के इशारे पर चलना या नाचना, 4 *vt* **to** ~ **attendance upon s.o**. (see attendance)

dance^2 *n* 1 नाच, नृत्य, लास्य, the ~ of Shiva ताण्डव, 2 **to lead s.o. a (pretty)** ~ किसी को (जानबूझ कर) बेकार के काम में लगाये रखना, किसी को फ़ज़ूल नचाना, 3 ~**-drama** नृत्य-नाटक; ~**-hall** नाचघर

dancer डान्सर *n* 1 नर्तक, नर्तकी, नट, नटी, 2 **merry** ~s=aurora borealis (see aurora)

dancing *n* नृत्यकला, नाच, नृत्य, ~**-girl** नाचने वाली, नर्तकी, ~**-hall** नृत्यशाला, नाचघर

dandelion डैन्डिलायन *n* पीले फूलों और दांतेदार पत्तों वाला पौधा-विशेष

dandle डैन्डल *vt* (बच्चे को) घुटनों पर बिठा कर ऊपर-नीचे करना, हाथों में लेकर उछालना, लाड़-प्यार करना

dandruff डैन्ड्रफ़ *n* बालों में फटी हुई त्वचा के छोटे छोटे छिलके, बफा, रूसी

dandy डैन्डि *n* & *a* 1 चुस्त-चालाक आदमी जो अपनी पोशाक का खास ख़्याल रखता है, बाँका, छैला, बना-ठना, 2 एक प्रकार का छोटा जहाज़; **dandified** *a* बना-ठना

Dane डेन *n* डैन्मार्क का निवासी

danger डेन्जर *n* 1 ख़तरा, भय, डर, खटका, आशंका, संकट, जोखिम, to run into ~ ख़तरे में

पड़ना, ख़तरा मोल लेना, अपने आपको ख़तरे में डालना; **out of** ~ ख़तरे से बाहर; **in** ~ **of** life जिसे जान का खतरा हो, **2** ख़तरे का कारण, ख़तरा, illiteracy is a danger **to** democracy निरक्षरता लोकतन्त्र के लिए ख़तरा है

dangerous डेन्जरस *a* ख़तरनाक, भयानक, भयावह, डरावना, संकटपूर्ण, संकटमय, जोखिम का, घोर, गभीर; ~ly *adv* गंभीररूप से, अत्यन्त, सख़्त

dangle डैन्गल *vi* & *t* **1** लटकते हुए हिलना-डुलना, झूलना [He sat on a branch, his legs dangling in the air], **2** *vt* चीज़ को हाथ में लटका कर डुलाते या झुलाते रहना [to ~ a toy before a baby], **3** *fig* to ~ (hopes etc) **before** s.o., **before** s.o.'s eyes किसी को (आशाओं से) ललचाना; he ~d the prospect of a job **before** me उसने मुझे नौकरी की आशा से ललचाया, **4** to ~ **after** a woman (प्रेमी या अनुचर की भांति) औरत के पीछे-पीछे फिरना; ~**r** *n* पीछे लगा रहने वाला. पिछलगा

Danish डैनिश *a* & *n* डैन्मार्क की भाषा; *n* डैन्मार्क के लोग

dank डैन्क *a* **1** गीला, तर, तर-बतर, **2** (of air, weather, prison, etc) इतना गीला और ठंडा कि कष्टकर और अस्वास्थ्यकर हो, गीला-सीला

danseur F डांसर *n* बैले-नर्तक; fem **danseuse** नर्तकी

daphne डैफ़्नि *n* फूलदार झाड़ियों के अनेक प्रकार

dapper डैपर *a* (of person) चुस्त और साफ़-सुथरा, फुर्तीला [a dapper little man]

dapple डैपल *vt* & *i* & *n* रंग-बिरंगा करना या होना, भिन्न-भिन्न रंगों के धब्बे डालना या पड़ना, चितकबरा करना या होना; ~**d** *a* (of sky) रंग-बिरंगा, (of horse) चितकबरा; **dapple** *n* चितकबरापन; ~ **grey** *a* (of horse) भूरे रंग का (घोड़ा), जिसपर गहरे भूरे रंग के धब्बे हों

dare डेअर *vt* & *n* **I** (used without *to*, with expressed or implied *neg*: 3rd *pers sing pres*. **dare**; *neg* **dare not**; *pt* **dared**, (*arch*) **durst**) **1** धृष्टतापूर्वक साहस करना, धृष्टता या गुस्ताख़ी करना [expressed *neg*: He ~ not come here; *implied neg*: Dare he come here?], **2** I ~ **say** मैं मानने को तैयार हूं कि.. हो सकता है कि..., **II** (used with or without *to*, and declined regularly in all tenses and moods; 3rd *pers sing pres*: **dares**) **1** साहस या हिम्मत करना [He ~s (to) go alone; I never dared (to) ask him]; (*abs*) How dare you? तुम्हारी क्या मजाल है?, **2** चुनौती देना, ललकारना, **to** ~ **s.o. to do sth** किसी को चुनौती देना कि ऐसा करके तो दिखाओ [I ~ you to say that again], **3** जोखिम उठाना, ख़तरा मोल लेना, (ख़तरे का) सामना करना, (ख़तरे की) परवाह न करना [He will ~ any danger], He ~d death उसने मौत का ख़तरा मोल लिया, उसने मौत की परवाह न की; *n* **1** साहस, हिम्मत, **2** चुनौती

dare-devil *n* & *a* **1** जिसे न ख़ुदा का डर हो न शैतान का, दु:साहसी, **2** निडर, निर्भीक, बेधड़क (व्यक्ति)

daring डेअरिन्ग *n* & *a* **1** साहस, धृष्टता, **2** *a* साहसी, निडर, साहसपूर्ण, साहस का

dark^1 डार्क *a* **1** अंधेरा, अंधकारमय, अंधकारपूर्ण [~ sky], **2** श्याम, सांवला, काला, the ~ race हबशी; thick, ~ clouds घनघोर घटा, **3** गहरा [~ blue, ~ brown], **4** सूना, उदास, उदासी लाने वाला; खिन्न, शोकपूर्ण, निराशापूर्ण, मनहूस, बुरा, अन्धकारपूर्ण, अन्धकारमय, a ~ future अन्धकारमय भविष्य, भविष्य जिसमें कोई आशा न दिखाई दे; to look on the ~ side of things हर चीज़ का बुरा पहलू देखना, **5** अज्ञात, अल्पज्ञात, अज्ञान के अन्धकार से आवृत, **the D**~ **Ages** (यूरोप में) अज्ञान का युग, अंधकार का युग, मध्य युग (अर्थात् पांचवीं से दसवीं शताब्दी), **the D**~ **Continent** अज्ञात अथवा अज्ञान-अंधकार से आवृत महाद्वीप (अर्थात् अफ़्रीका); **dark horse** अप्रसिद्ध घोड़ा जो घुड़दौड़ में जीत जाये; *fig* अल्पज्ञात व्यक्ति जो प्रतियोगिता में जीत जाए, **6** रहस्यमय, गुप्त **to keep sth** ~ कोई बात छिपाना; ~ saying रहस्यमय वचन, **7** निर्दय, घोर, भीषण, भयङ्कर, ~ threat भयङ्कर धमकी, **8** ~ **glasses** काला चश्मा, ~ **room** (फ़ोटो बनाने का) अंधेरा कमरा

dark^2 *n* **1** अंधेरा, अंधकार, सायंकाल, संध्या, झुटपुटा, **at dark** संध्या के समय, **after dark** सूर्यास्त के बाद, **2** ज्ञान या जानकारी का अभाव, अज्ञानता, **to be in the** ~ पता न होना [*I* am in the ~ as to, about, his plans], **to be kept in the** ~ कुछ बताया न जाना, I was kept in the dark मुझे कुछ बताया नहीं गया, **a leap in the dark** (see leap)

darken डार्कन *vt* & *i* **1** अंधेरा करना या होना, तिमिराच्छन्न करना या होना, सांवला या काला करना या होना, **2** to ~ **s.o.'s door** (usu with *neg*) किसी के यहां मिलने जाना, Never ~ my door again! मेरे घर में फिर पांव न धरना!

darkness *n* **1** अंधेरा, अन्धकार [the room is in complete ~], **2** दुष्टता, Prince of D~ शैतान

dark(e)y *n* (*colloq*) हब्शी; हब्शिन

darling डार्लिङ्ग *n* & *a* प्रिय, प्यारा, प्रियतम, दुलारा, the ~ of the people जनता की आंखों का तारा

darn^1 डार्न *vt* & *n* रफ़ू करना; *n* रफ़ू की हुई जगह, रफ़ू से बन्द किया हुआ छेद; ~**ing** *n* रफ़ूगरी; ~**ing needle** रफ़ू करने की बड़ी सुई

darn^2 *vt* (*sl*) शाप देना, धिक्कारना; ~**ed**

अशुभ, खराब, अप्रिय

darnel डार्नल *n* अनाज के खेतों में उगने वाली जंगली घास

dart^{1} डार्ट *n* 1 नोकदार (अतः चुभने वाला) अस्त्र, छोटा भाला, बर्छी, तीर, शल्य, 2 कीड़े आदि का डंक, 3 लपक, झपट, एकाएक तीव्र गति, 4 भाला आदि अस्त्र फेंकने की क्रिया

dart^{2} *vt* & *i* 1 (अस्त्र) फेंकना, (किरणें) छोड़ना, 2 (बाहर) निकालना [the snake ~ed out its tongue], 3 to ~ a glance एकाएक नज़र डालना, नज़र दौड़ाना, 4 *vi* लपकना; to ~ **in, out** लपक कर, भीतर आना, बाहर जाना [He ~ed **into** the shop]

Darwinian डॉर्विनिअन *n* & *a* चार्ल्स डार्विन 1809-1882) के सिद्धान्त (वि० प्राणियों की जातियों के विकास के सिद्धान्त) को मानने वाला; *a* डार्विन का; **Darwinist** *n* & *a*=Darwinian; **Darwinism** *n* डार्विन का सिद्धान्त

dash^{1} डैश *vt* & *i* 1 फेंकना, पटकना, दे मारना, छिड़कना, छींटे डालना, to ~ one's head against the wall etc दीवार पर सिर पटकना; to ~ sth to pieces टुकड़े-टुकड़े करना, चूर-चूर करना, 2 नष्ट करना, तोड़ना, फोड़ना, **to ~ s.o.'s hopes** आशाओं पर पानी फेर देना, हताश या निराश करना, to ~ s.o.'s spirits हतोत्साह करना, हिम्मत तोड़ना, 3 परेशान करना, घबरा देना, 4 *sl* धिक्कारना, कोसना [**Dash it!**]; *vi* 1 गिरना, जा पड़ना, टकराना, to ~ **against, upon**, sth किसी से टकरा जाना [he ~ed against the wall], 2 तेज़ दौड़ना, लपकना [he ~ed **away**, **~ed down the street**], 3 फुर्ती से काम करना, शान दिखाना; **dashing** *a* अत्यन्त साहसी, फुर्तीला, जोशीला [a ~ing rider]

dash^{2} *n* 1 पानी से टकराने या पानी के टकराने की आवाज़, छप-छप का शब्द, छपछपाहट, 2 (प्राकृतिक दृश्य के चित्र में) शोख़ रंग, रंग का छींटा, 3 पुट, मिलावट, मिश्रण, मिलाई गई तनिक मात्रा, [water with a ~ of brandy in it; red with a ~ of blue], 4 अचानक आक्रमण, धावा, हल्ला, झपट, लपक, दौड़, he **made a dash for** home वह तेज़ी से घर लौटा, 5 ख़ूब काम करने की क्षमता, जोश, साहस, हिम्मत, 6 दिखावा, शान, तड़क-भड़क, ठाठ-बाट, **to cut a dash** शानदार काम करना, सफल प्रदर्शन करना, ख़ूब प्रभावित करना, 7 कलम की घसीट, 8 लिखाई या मुद्रण में छोटी लकीर (—). डैश

dastard डैस्टर्ड *n* कायर, व्यक्ति जो हत्या आदि क्रूर कर्म कर के अपनी जान बचाने के लिए छिप या भाग जाये; ~ly *a* कायरतापूर्ण

data डेटः *n* see datum

date^{1} डेट *n* 1 (also **~-palm**) खजूर का पेड़, 2 खजूर, छुहारा

date^{2} *n* 1 तिथि, दिनांक, तारीख़, 2 (लेखक, ऐतिहासिक घटना आदि का) काल, समय, ज़माना, 3 **up-to-date** *a* आज तक का, नये से नया, आधुनिक, नवीनतम [up-to-~ methods]; to be up-to-date नवीनतम प्रगति से परिचित होना; up to date (*adv*) आज तक, अब तक, 4 **out-of-date** *a* (of person) पुराने ज़माने का, पुरानी चाल का, पुराणपन्थी, दकियानूसी, (of thgs) पुराने ज़माने का, पुराना-धुराना, अप्रचलित; जिसका चलन या फ़ैशन न रहे; **to go out of ~** पुराना पड़ जाना, प्रचलित न रहना, फ़ैशन न रहना, 5 **to have a ~ with** s.o. किसी से मिलने का वायदा होना, 6 **date-line** (i) (समाचार पत्र की) तिथि-पंक्ति, पंक्ति जिस में समाचार से संबंधित स्थान और तिथि दी जाती है, (ii) **international date-line** १८०° रेखांश जिसके पूर्व और पश्चिम की तिथियों में एक दिन का अन्तर होता है, अन्तर्राष्ट्रीय तिथि-रेखा

date^{3} *vt* & *i* 1 तारीख लिखना या डालना, दिनांक लिखना, दिनांकित करना, 2 (किसी ग्रन्थ या ऐतिहासिक घटना आदि की) तिथि या काल निर्धारित करना [it is difficult to ~ the Ramayana or the Mahabharata], 3 *vi* (अमुक काल से) शुरू होना, चला आना, अमुक काल का होना, This temple ~s **from** (*or* **back to**) the 3rd century इस मन्दिर का निर्माण-काल तीसरी शताब्दी है, 4 पुराना पड़ जाना [His style is beginning to ~]

dated डेटिड *a* 1 दिनांकित, 2 जिसका काल निर्धारित हो (चुका हो), 3 जो पुराना पड़ गया हो, जिस का फ़ैशन न रहा हो, पुराना, 4 (of words etc) जो अब प्रचलित न हो, अप्रचलित

dateless *a* 1 दिनांकरहित, तिथिरहित, 2 अनन्तकालस्थायी, 3 बहुत पुराना, अति प्राचीन, आदिकाल से चला आ रहा, जिस के विषय में यह पता न हो कि वह कब शुरू हुआ [The institution of marriage is ~]

dative डेटिव *n* (*gram*) ~ **(case)** सम्प्रदान कारक, चतुर्थी

datum डेटम *n* (*pl* **data** डेटः) 1 दिया हुआ या ज्ञात तथ्य, दत्त, ज्ञात, 2 in *pl* वे तथ्य या आंकड़े जिनके आधार पर अनुमान लगाया जाये या निष्कर्ष निकाला जाये, आधार सामग्री, **data bank** आधार-सामग्री रखने की जगह; **data processing** आधार-सामग्री से निष्कर्ष निकालना

daub डॉब *vt* & *i* & *n* (दीवार आदि पर) पलस्तर करना, गारे का लेप करना, गारा लीपना, पोतना, wall daubed **with** mud गारे से लिपी हुई दीवार. 2 दाग़ या धब्बे डालना, मैला या गन्दा या ख़राब करना, 3 अनाड़ीपन से चित्र बनाना, रंग थोपना; *n* 1 लेप, पलस्तर, 2 धब्बा, दाग़, 3 भद्दा चित्र

daughter डॉटर *n* लड़की, पुत्री, कन्या, बेटी, **~-in-law**, पुत्रवधू, बहू, पतोहू; ~ly *a* पुत्री की तरह,

पुत्रीवत्, पुत्री-का-सा

daunt डॉन्ट *vt* 1 डराना, धमकाना, दहलाना, 2 उत्साह भंग करना, हतोत्साह करना, हिम्मत तोड़ना; **~less** *a* निडर, निर्भय, निर्भीक, बेधड़क, नि:शंक, साहसी, दिलेर, हिम्मत वाला; **~lessly** निर्भीकता से

dauphin डॉफ़िन *n* (*hist*) फ्रांस के सम्राट् का ज्येष्ठ पुत्र; **~ess** *n* उसकी पत्नी

Davy (lamp) खान में ले जाने का लैम्प (जिस में बत्ती के इर्द-गिर्द लगी लोहे की जाली खान में आग लगने से बचाती है), डेवी लैम्प [f. Sir H. Davy, the inventor]

daw डॉ *n*= jackdaw (see jack *n*)

dawdle डॉडल *vi* & *t* धीरे-धीरे काम करना; *vt* **to ~ away time** समय गंवाना; **~r** *n* आवारा आदमी

dawn डॉन *n*, *vi* **1** उषाकाल, प्रभात, भोर, सवेरा, तड़का, **at ~** दिन निकलते ही, **2** प्रारंभ, सूत्रपात, उदय [the ~ of civilization],; *vi* **1** दिन निकलना, पौ फटना, सवेरा या तड़का होना, The day is ~ing दिन निकल रहा है, **2** आरंभ होना, उदय होना, **3 to ~ (up)on** s.o. पता लगना, स्पष्ट होना, एकाएक ख़्याल आना, सूझना [it ~ed on me that ..., the truth ~ed on me]

day डे *n* **1** दिन, दिवस, वार, रोज़, **day and night,** *adv* दिन-रात, रात-दिन, लगातार, **all day** (**long**), **all the day** दिन भर, सारा दिन, to work by the day दिन-दिन में काम करना; **day after day, from day to day, every day** प्रतिदिन; **day in, day out** प्रातःकाल से सायंकाल तक, सारा दिन, लगातार, अनवरत; **day by day** दिन बदिन, दिन पर दिन; **day-to-day** *a* दिन प्रतिदिन का; **the other day** कुछ दिन पहले, एक दिन; **one of these (fine) days** (निकट भविष्य में) किसी दिन, जल्दी ही [I'll see you one of these days], **to call it a day** यह सोचना कि हमने दिन का पूरा काम कर लिया है और छुट्टी करना; *fig* कार्यवाही बन्द करना और आराम करना, **2** समय, काल, युग, ज़माना, **in the days of old, in olden days** प्राचीन काल में, in the days of Asoka अशोक के समय में, in the days to come आने वाले युग में, **3 better days** अच्छे दिन, सुख के दिन, समृद्धि का समय [he has seen, he will see, better days], **evil days** बुरे दिन, मुसीबत के दिन, विपत्ति का समय, he has fallen on evil days उसके बुरे दिन आ गये हैं; वह मुसीबत में है, **Every dog has his day** हर किसी के अच्छे दिन आते हैं, **4 to carry the day** जीतना (see carry^1),**to lose the day** हारना, **5** *comb*: **day-book** दैनिक खाता, कच्ची रोकड़, रोजनामचा, **~-break, break of ~** तड़का (=dawn), **~-dream(ing)** दिवा-स्वप्न, हवाई किले, ख़्याली पुलाव, **~-dreamer** हवाईकिले बनाने वाला, **~-labourer** दिहाड़ी पर या अमानी पर काम करने वाला मजदूर, दिहाड़ीदार, दैनिक श्रमिक, **~-scholar** छात्रावास में न रहने वाला, छुट्टी होने पर घर चला जाने वाला, दिवाछात्र

daylight डे-लाइट *n* **1** दिन का प्रकाश, दिवाप्रकाश, दिन की रोशनी, **in broad ~** दिन दहाड़े, दिन दिहाड़े, **2** प्रभात, सवेरा. before ~ पौ फटने से पहले, **3** to see ~ रहस्यमय बात को समझने लगना, **4** ~ saving (गर्मियों में) घड़ियों को आगे करना जिससे दिवाप्रकाश में काम करने का अधिक समय मिल जाये, दिवाप्रकाश की बचत

daze डेज़ *vt* & *n* **1** घबरा देना, परेशान करना, चकराना, स्तब्ध या स्तंभित कर देना, **to be ~d** हाथों के तोते उड़ जाना, होश उड़ जाना या जाता रहना, हक्का बक्का रह जाना; *n* घबराहट, भौचक्कापन, स्तब्धता, **to be in a ~** = to be dazed (see above)

dazzle डैज़ल *vt* & *n* **1** चौंधियाना, चकाचौंध करना, **2** चकरा देना, हैरान कर देना, स्तब्ध कर देना, चकित या आश्चर्यचकित कर देना; *n* चकाचौंध, तड़क-भड़क, चमक-दमक, जगमगाहट; **~ paint** कौंध रोग़न; **~ment** *n* **1** चौंधिया जाना, **2** आश्चर्यचकित होना; **dazzling** *a* चौंधियाने वाला

D-day डी डे *n* कोई महत्त्वपूर्ण कार्यवाही आरंभ करने का नियत दिन, महादिवस [f. code name for 6th June, 1944, when British and U.S. forces landed in N. France]

deacon डीकन *n* अवर पादरी,(fem. ~ess)

dead डेॅड *a* & *adv* & *n* **1** मुर्दा, मृत, मरा हुआ, **~body** शव, लाश, **dead as a door nail, dead as mutton** बिल्कुल मरा हुआ, बिल्कुल मुर्दा, **dead and gone** कब का मर चुका, *Prov*: **D~ men tell no tales** मुर्दे नहीं बोलते (अत: रहस्य जानने वाले का खात्मा कर दो), **2** (of limb) (सर्दी आदि के कारण) सुन्न, निश्चेष्ट [~ hand], **3 ~ to** परवाह न करने वाला, ध्यान न देने वाला, क़द्र न करने वाला [~ to honour, ~ to reason, ~ to all sense of shame], **4 dead language** भाषा जो अब बोली न जाती हो, मृत भाषा (*e.g.* **Aramaic**,Latin), **5** काम न करता हुआ, ठप [The telephone went ~], **6 ~ letter** (i) *law* अप्रचलित या अमान्य क़ानून, क़ानून जिस पर अमल न किया जाये [The law against Sati is not a ~ letter; several enactments of the pre-independence period are now a ~ letter], (ii) **~ letter** पत्र जो प्रेषिती का पता न लगने के कारण वापस डाकघर भेज दिया जाये, बे-पता चिट्ठी, **~ letter office** बे-पता चिट्ठियों का दफ़्तर, **7** सम्पूर्ण, पूरी तरह, बिल्कुल [~ halt, ~ stop; the procession comes to a ~ stop], **8** *misc* : **~ certainty** जिसका होना बिल्कुल

निश्चित हो [War now is a ~ certainty]; to be in ~ **earnest** सच्ची लगन होना, अत्यन्त उत्सुक होना; ~ **end** बन्द गली (*fig*) स्थान या स्थिति जहां से आगे प्रगति या उन्नति न हो सके [to be at, to reach, a ~ end]; ~ **hand** = mortmain; ~ **head** (i) बिना टिकट यात्रा करने वाला या नाटक देखने वाला, मुफ़्तख़ोर, (ii) निकम्मा आदमी, ~ **heat** ऐसी दौड़ जिसमें दो या अधिक प्रतियोगी एक-साथ पहुंचें [The hundred-metre race resulted in a ~ heat]; ~ **hours** रात्रि का समय जब कहीं हल-चल या शब्द न हो, आधी रात, ~**line** अन्तिम सीमा; अन्तिम तिथि, ~**lock** *n* & *vt* (*fig*) प्रगति का अभाव, गतिरोध, ज़िच; *vt* गतिरोध पैदा होना, बिल्कुल रुक जाना [The negotiations are ~locked]; ~ **loss** (i) ऐसा नुक्सान जिसके लिए कोई मुआवज़ा न मिले [The ship has sunk and is a ~ loss]; (ii) *colloq* निकम्मा आदमी; निकम्मी चीज़; ~ **march** शोक संगीत; ~ **shot** अचूक निशानेबाज़, ~ silence श्मशान-की सी नीरवता, सन्नाटा; to **make a ~ set at** s.o, किसी पर टूट पड़ना, पिल पड़ना, ~**stock** कृषि यन्त्र; खेती की मशीनें; ~ **weight** बेकार का बोझ, बोझ मात्र; *fig* जहाज़ का (माल, यात्री, कर्मी आदि सहित) कुल भार, ~ **wood** *fig* बेकार वस्तु; निकम्मा आदमी; *adv* बिल्कुल, पूरी तरह, नितान्त; **to be ~ against** (s.o., sth) के बिल्कुल विरुद्ध होना, का घोर विरोध करना; ~ drunk नशे में चूर, ~ slow बिल्कुल धीरे, ~ certain/sure (i) जिसे पूरा विश्वास हो, (ii) बिल्कुल निश्चित, पक्का, ~ tired बिल्कुल थका हुआ, थक कर चूर; (*n*) **the dead** (*pl*) मरे हुए लोग; **at the ~ of night** आधी रात को, रात के सन्नाटे में, **in the ~ of winter** चिल्ले के जाड़े में, सख़्त सर्दी के दिनों में

deaden डे॑डन *vt* & *i* (आवाज़, चमक, ज़ोर भावना आदि को) हल्का या धीमा या मद्धम या कम करना या होना

deadly^1 डे॑ड्लि *a* **1** घातक, प्राणहर, जान लेवा, विषैला, ज़हरीला, भीषण, भयङ्कर, घोर, कारी, ~ **blow** कारी चोट, ~ enemies जानी दुश्मन, ~ **sin** घोर पाप, नरक में ले जाने वाला पाप, **2** मौत का-सा [~ paleness], **3** तीव्र, तेज़, अत्यन्त, in deadly haste बड़ी उतावली में

deadly^2 *adv* **1** मृतक की भांति, मुर्दों की तरह [~ pale], **2** *colloq* अत्यन्त, नितान्त, ~ tired थक कर चूर, बहुत थका हुआ (also see dead *adv*)

deaf डे॑फ़ *a* **1** बहरा, बधिर, ऊंचा सुनने वाला, (**the deaf** *n pl* बहरे लोग); ~ **in one ear** एक कान से बहरा, **2** संगीत का रसास्वादन न कर सकने वाला, **3 to turn a ~ ear to s.o., to s.o.'s request** किसी की बात पर ध्यान न देना, सुनी अनसुनी कर देना, बात की परवाह न करना, (of request etc) **to fall on ~ ears** सुनवाई न होना, **4** ~**-and-dumb language** गूंगों-बहरों के संकेत, गूंगों-बहरों की संकेत-भाषा, ~**-mute** गूंगा-बहरा; ~**ness** *n* बहरापन, बधिरता

deafen डे॑फ़न *vt* बहरा कर देना; ~**ing** *a* ~ing noise इतना शोर कि कान के पर्दे फट जायें, बहरा कर देने वाला शोर

deal^1 डील *n* मात्रा, परिमाण, **a great ~, a good ~** (N.B. Both expressions are *n* & *adv*) बहुत अधिक, कहीं ज़्यादा, (*n*) I have a good ~ to do मुझे बहुत कुछ करना है, (*adv*) he is a great ~ wiser than you वह तुम से कहीं अधिक समझदार है

deal^2 *vt* & *i* (dealt), & *n* **1** बांटना, वितरण करना, to deal out gifts **to, among,** people लोगों में उपहार बांटना, **2** (ईश्वर का प्राणियों को) देना [God dealt him happiness], **3 to ~ a blow** (*lit* & *fig*) प्रहार करना, आघात पहुंचाना, **to ~ a death blow** घातक प्रहार करना, **4** ताश के पत्ते बाँटना, **5** *vi* **to ~ by s.o.** व्यवहार या बर्ताव करना [he ~s well **by** his employees], **6** (i) **to ~ with s.o.** संबंध या वास्ता या सरोकार रखना; वास्ता या पाला पड़ना; He ~s well with everybody वह हर किसी के साथ अच्छा व्यवहार करता है; I would not like to ~ with him मैं उस के साथ कोई सरोकार नहीं रखना चाहता; I have to ~ with a rascal मेरा एक बदमाश से पाला पड़ा है, (ii) निपटाना, निबेड़ना **to ~ with a case** मामले को निपटाना, (iii) **to ~ with a subject** विषय का प्रतिपादन करना, (iv) to ~ with a shopkeeper दुकानदार से लेन-देन रखना, (v) **to ~ in a commodity** माल बेचना, का व्यापार करना; *n* **1** व्यवहार; व्यवस्था, योजना, **a new ~** नई व्यवस्था या योजना या कार्यक्रम; **a raw ~** अन्यायपूर्ण व्यवहार या व्यवस्था, कठोर व्यवहार, **2** व्यापार, सौदा, लेन-देन, क्रय-विक्रय, **3** ताश के पत्ते बांटने की बारी [whose ~ is it ?]

dealer *n* **1** विक्रेता, व्यापारी, **2** ताश के पत्ते बांटने वाला

dealing *n* (usu in *pl*) व्यवहार; लेन-देन, व्यापार, **to have ~s with s.o.** किसी के साथ संबंध या वास्ता रखना

dean डीन *n* **1** प्रधान पादरी, पादरियों का अध्यक्ष, **2** (in colleges etc) अनुशासन आदि मामलों से संबंध रखने वाला अधिकारी, संकाय-अध्यक्ष, डीन; ~**ery** डीनरि *n* **1** डीन का पद या कार्यालय या निवास-स्थान, **2** प्रधान पादरी का प्रदेश या इलाका

dear डियर *a*, *n*, *adv* **1** प्रिय, प्यारा, **2** (पत्र आदि में) मान्यवर, माननीय, Dear Mr Jones मान्यवर श्री जोन्स, Dear Sir मान्यवर, महोदय,

Dear Madam माननीये, महोदये, Dear Friend प्रिय मित्र, **3** महँगा, कीमती, मूल्यवान्, बहुमूल्य, ~ shop महँगी दुकान, dear year महँगाई का साल, ~ **money** महँगी मुद्रा, उच्च ब्याज दर; *adv* **to sell, buy,** ~ महँगा बेचना या खरीदना

dearly *adv* **1** महँगा [~ bought], **2** अत्यंत [He loves his wife ~]

dearness *n* **1** महँगाई, ~ **allowance (D.A.)** महँगाई भत्ता, **2** प्रेम, स्नेह, अनुराग

dearth डर्थ *n* **1** (खाद्यपदार्थों की) कमी एवं महँगाई, तंगी, किल्लत, टोटा, अभाव, **2** थोड़ी मात्रा या संख्या में मिलना, दुष्प्राप्यता, कमी [No ~ of applicants], **3** दरिद्रता, शून्यता, ~ **of ideas** विचारों की दरिद्रता

death डॅथ *n* **1** मृत्यु, मौत, मरण, देहान्त, परलोकवास, स्वर्गवास, गुज़र जाना, **2 civil** ~ नागरिक अधिकारों से वंचित होना, नागरिक मरण, **3** अन्त, समाप्ति, खात्मा [~ of one's hopes], **4 to be the** ~ **of** s.o. किसी की मृत्यु का कारण होना [The eighth child of Devaki will be the death of Kamsa]; **sick to** ~ बहुत तंग आया हुआ, **tired to** ~ बहुत थका हुआ, **5** *comb*: ~ **anniversary** बरसी, पुण्यतिथि, ~**-bed** मृत्यु-शय्या, ~**-blow** (*lit* & *fig*) घातक प्रहार [to deal a ~ blow], ~ **duty** मृतक के उत्तराधिकारियों को मिलने से पहले जायदाद पर लगने वाला कर, मरण-शुल्क; ~**-knell** मृत्यु का घंटा; *fig* किसी स्थिति या प्रथा के अन्त का सूचक; ~ **rate** जनसंख्या और मृत्युसंख्या का अनुपात, मृत्यु-दर, ~**-roll** मृतकों की संख्या या सूची, ~**-sentence** मृत्यु-दंड, ~**-trap,** खतरनाक जगह, जगह जहां जान का खतरा हो, मौत का फंदा, ~**-warrant** मृत्युदंड का आज्ञापत्र, मौत का परवाना

debacle F डे-बाक्ल *n* **1** *geol* पानी का आकस्मिक प्रबल प्रवाह जो पत्थरों, पेड़ों आदि को बहा कर ले जाये, **2** भगदड़, सेना की हार के बाद मचने वाली भगदड़, **3** गहरी हार, घोर असफलता, (सरकार आदि का) पतन, विध्वंस, विनाश

debar डिबार *v* **1** वंचित करना, बहिष्कृत करना, **2** न होने देना, रोकना, मना करना, निषिद्ध करना, वर्जित करना, विवर्जित करना [**to** ~ **s.o. from sth, from doing sth**]

debark डिबार्क *vt* & *i* =**disembark**; **debarkation** *n*=**disembarkation**

debase डिबेस *vt* **1** घटिया बना देना, (सिक्के में) खोट मिलाना, मिलावट करना [to ~ the coinage], **2** पतित करना, भ्रष्ट करना, गिराना, अपमानित करना; to ~ oneself पतित या भ्रष्ट होना, गिरना, नीचता करना; ~**ment** *n* **1** पतन, गिरावट, भ्रष्टता, नीचता, **2**अपमान, बेइज़्ज़ती, **3** (सिक्के में) खोट मिलाना, मिलावट करना

debatable डिबेट-बल *a* **1** विवादास्पद, विवादग्रस्त, ~ **ground** सीमाप्रदेश जिस पर दोनों पक्ष अपना अधिकार जताएं, विवादग्रस्त सीमाप्रदेश अथवा विषय, **2** सन्देहास्पद, संदिग्ध

debate डिबेट *vt* & *i* & *n* **1** बहस करना, वाद-विवाद करना, तर्क करना, to ~ (upon) a question प्रश्न पर बहस करना, **2** सोच-विचार करना, तर्क-वितर्क करना, ऊहापोह होना [I was debating in my mind whether I should go or not]; *n* बहस, वाद-विवाद; सोच-विचार, the question **in** *or* **under** ~ विचाराधीन प्रश्न; ~**r** विवाद करने वाला, बहस में बोलने वाला

debauch डिबॉच *vt* & *n* (*liter*) **1** भ्रष्ट करना, **2** पतित करना, विषयासक्त बना देना, लम्पट या कामी बना देना, **3** (स्त्री को) फुसलाना, (स्त्री का) सतीत्व नष्ट करना, **4** (रुचि को) विकृत करना, (विवेक) नष्ट करना, (बुद्धि) मलिन करना, ~**ed** लम्पट, दुराचारी, *n* भोग-विलास, लम्पटता, विषयासक्ति; ~**ee** डिबॉची *n* अत्यन्त लम्पट व्यक्ति, व्यभिचारी; ~**ery** डिबांचरि *n* लम्पटता, घोर विषयासक्ति, भ्रष्टाचार, व्यभिचार

debenture डिबॅन्चर *n* व्यावसायिक कंपनी का दस्तावेज़ जिस पर लिखा रहता है कि अमुक व्यक्ति से इतना रुपया ऋण पर लिया गया है, ऋण-पत्र

debilitate डिबिलिटेट *vt* (शरीर को) दुर्बल करना, कमजोर करना

debility डिबिलिटि *n* दुर्बलता, कमज़ोरी

debit डॅबिट *n* & *vt* **1** खाते का वह पक्ष जिसमें खातेदार की देनदारी लिखते हैं, नाम खाता, उधार खाता, **2** देनदारी, उधार, विकलन; *vt* खर्चे में डालना, नाम में डालना, नामे लिखना, to ~ s.o. **with** a sum; to ~ a sum **against, to,** s.o. किसी के नामे अमुक राशि डालना; **debited** *a* नामे

debonair डॅब-नॅअर *a* खुशमिज़ाज, जिन्दादिल; शिष्ट, सौम्य

debouch डिबाउच *vi* **1** (नदी का) तंग घाटी से निकल कर मैदान में आना; बड़ी नदी या समुद्र में गिरना, **2** (सेना का) जंगल से निकल कर खुले मैदान में आना

debris डेब्रि *n* मलबा, कंकर-पत्थर आदि का ढेर, कूड़ा करकट, कचरा, अवशेष

debt डॅट *n* **1** ऋण, उधार, कर्जा, देनदारी; **National Debt** राष्ट्रीय ऋण (अर्थात् वह रुपया जो सरकार ने जनता से उधार लिया हो), **funded** ~ निधिगत ऋण, स्थायी ऋण (अर्थात् राष्ट्रीय ऋण का वह भाग जो एक निधि में डाल दिया जाता है और जिसका केवल सूद ही ऋणदाताओं को दिया जाता है); **floating** ~ अस्थायी ऋण (अर्थात् राष्ट्रीय ऋण का वह भाग जो निश्चित तिथि पर या मांगने पर चुकाना होता है), **2 to be head over ears in** ~ कर्जे में डूबा हुआ होना,

to be out of ∼ ऋणमुक्त होना, 3 आभार, I shall always be **in your** ∼ मैं आप का सदा आभारी रहूंगा, **4** to pay **the** ∼ of **nature** मर जाना

debtor डे´टर *n* ऋणी, कर्ज़दार, देनदार; आभारी

debunk डीबङ्क *vt colloq* **1** (व्यक्ति, संस्था, धार्मिक पद्धति-विशेष के संबंध में) झूठी भावुकता या श्रद्धा दूर करना, प्रतिष्ठित व्यक्ति को आसन से उतारना, पोल खोलना, **2** (दावा आदि) झूठा साबित करना [to ∼ a claim]

debus डीबस *vt* & *i* (-ss-) (व्यक्तियों या सामान को) गाड़ी या बस से उतारना या उतरना

debut F डेबू, देब्यू *n* पहली बार रंगमंच पर आना, प्रथम अभिनय, पहली बार जनता के सामने आना, प्रथम प्रवेश

debutante F देब्युतांँत पहली बार रंगमंच पर आने वाली अभिनेत्री, (रंगमंच की) नवोदित तारिका

deca- *comb form* (Gk deka=Skt दश)

decade डे´केड *n* दशक, दशी, दस वर्ष, दशाब्दी

decadence डे´क-डन्स *n* अवनति, अधोगति, ह्रास, पतन, गिरावट, (साहित्य या कला के चरमोत्कर्ष के बाद होने वाला) अपकर्ष

decadent डे´क-डन्ट *a* & *n* ह्रासोन्मुख; पतित; *n* १९ वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में शब्दाडम्बरपूर्ण और दुरूह शैली में लिखने वाला अंग्रेज़ या फ्रांसीसी लेखक

decagon डे´क-गन *n* (*math*) दशभुज, दशकोण

decalogue डे´क-लॉ´ग *n*=Ten Commandments (see commandment)

decamp डिकैम्प *vi* **1** (*mil*) शिविर या कैम्प उठा लेना, शिविर छोड़ कर चले जाना, **2** चुपचाप चल देना, चंपत होना, भाग जाना, फ़रार होना; ∼**ment** *n* फ़रारी

decant डिकैन्ट *vt* घोल के तरल भाग को उंडेल कर दूसरे बर्तन में इतना धीरे-धीरे डालना कि उसमें तलछट न जाने पाये, निथारना, उंडेलना; ∼**ation** *n* निथारना; **decanter** डिकैन्टर *n* कांच की डाटदार बोतल जिसमें डाल कर शराब मेज़ पर लाई जाती है, मीना

decapitate डिकैपिटेट *vt* (अपराधी का) सिर काटना, सिर उड़ाना, गरदन काटना, गरदन मारना; **decapitation** *n* शिरश्छेदन, शिरच्छेद, सिर काटना

decarbonize डीकार्बनाइज़ *vt* की कार्बन छुड़ाना, [to ∼ an engine]

decasualize डीकैश्ज़्युअलाइज़ *vt* (अमानी मज़दूर को) स्थायी बनाना, पक्का करना

Decathlon डिकैथ्लन *n* (आधुनिक ओलिम्पिक खेलों में) दस विभिन्न खेलों की सामूहिक प्रतियोगिता, दशक-प्रतियोगिता

decay^{1} डि-के *vi* & *t* **1** क्षय होना, क्षीण होना, (शक्ति, धन, शारीरिक बल एवं स्वास्थ्य आदि का) ह्रास होना, घटना, कम होना, **2** खराब होना, बिगड़ना, सड़ना, **3** क्षीण करना, कम करना, बिगाड़ना

decay^{2} *n* **1** पतन, गिरावट, ह्रास, **2** क्षय, स्वास्थ्य का बिगड़ना, **3** गलना, सड़ना, सड़न, **4** गला-सड़ा कोषाणु

decease डिसीस *n* & *vi* (esp in legal & formal use) देहान्त, मृत्यु, स्वर्गवास; *vi* देहान्त या स्वर्गवास होना; **deceased** डिसीस्ट *a* & *n* दिवंगत, स्वर्गवासी (N.B. as noun ∼d is used with or without 'the')

deceit डिसीट *n* **1** धोखा, छल, कपट, वंचना, प्रतारणा, चाल, चालाकी, ठगी, धोखेबाज़ी, **2** पाखंड ढोंग; दिखावा, ∼**ful** *a* **1** छली, कपटी, वंचक, चालबाज़, धोखेबाज़, **2** (of act) कपटपूर्ण, वंचनामय

deceive डिसीव *vt* & *i* **1** किसी को झूठी बात सच्ची कहकर बताना, धोखा देना, गुमराह करना, बहकाना, **2 to** ∼ **oneself**; **to be** ∼**d** धोखा खाना, धोखे में रहना, **3** *vi* धोखा या चालाकी करना

decelerate डी-से´लरेट *vt* & *i* **1** गति को कम करना, धीमा करना (opp. accelerate), **2** *vi* धीमा होना

December डिसे´म्बर *n* दिसम्बर, वर्ष का बारहवां महीना [Originally 10th month of Roman year, later with the addition of July (in honour of Julius Caesar) and August (in honour of Augustus Caesar), it became the 12th month]; लगभग मध्य मार्गशीर्ष से मध्य पौष तक

decency डीसन्सि *n* **1** शिष्टता, भलमनसाहत, विनय, मर्यादा, शालीनता, लज्जा, शर्म, **2** अश्लीलता का परिहार, **3** औचित्य, अच्छाई, सफ़ाई, सुथरापन

decennary डि-से´नरि *n* & *a* दश वर्ष, दशक, दशाब्दी; *a* दशवार्षिक, दस वर्ष का

decennial डिसे´निअल *a* हर दस साल बाद आने वाला, दस-साला, दशवार्षिक, दस वर्ष का

decennium डिसे´निअम *n* दस वर्ष का समय, दशक

decent डीसन्ट *a* **1** शिष्ट, भद्र, नेक, भला, सम्मानयोग्य, आदरणीय, **2** सज्जनोचित, भद्रोचित, ठीक, शोभा देने वाला, शालीन, अश्लीलतारहित [∼ behaviour, ∼ language], **3** अच्छा, खासा अच्छा, काफ़ी अच्छा, अच्छा-भला [a ∼ dinner, house, etc]

decentralization *n* विकेन्द्रीकरण (see foll)

decentralize डी-से´न्ट्रलाइज़ *vt* विकेन्द्रीकरण करना, विकेन्द्रित करना, प्रांतों या प्रदेशों के अधिकार में देना; ∼d *a* विकेन्द्रीकृत, विकेन्द्रित

deception डिसे´प्शन *n* **1** धोखा, छल, कपट, **2** धोखा खाना, धोखे में आना, **3** चालाकी, **4** ढोंग, पाखंड

deceptive डिसे´प्टिव *a* **1** (of thing, appearance) धोखे में डालने वाला, भ्रमोत्पादक, भ्रामक,

भ्रांतिजनक [Appearances are ~], 2 कपटपूर्ण, छलपूण

deci- दसवां भाग, **decimetre**=मीटर का दसवां भाग

decide डिसाइड *vt* & *i* 1 (प्रश्न, झगड़े, मामले आदि का) फैसला करना, निर्णय करना, निपटारा करना, 2 निश्चय करना, तय करना, नियत करना, to ~ upon a date तिथि नियत करना, 3 **to ~ between two things** दो बातों में से किसी एक के पक्ष में निश्चय या फ़ैसला करना, **to ~ for, in favour of, against, sth** किसी बात या चीज़ के पक्ष या विरोध में निर्णय करना, to ~ **to do, on doing, against doing, sth** कोई काम करने, न करने, का फैसला करना

decided *a* 1 निश्चित, असन्दिग्ध, स्पष्ट, साफ़, a ~ difference निश्चित या स्पष्ट भेद या अन्तर, 2 (of person) अटल निश्चय वाला, दृढ़ विचार वाला, कृतसंकल्प; ~ly *adv* 1 निश्चय ही, अवश्य ही, 2 निश्चयपूर्वक, निश्चय के साथ, 3 स्पष्टतया

deciduous डिसिडयुअस *a* 1 (of leaves, teeth, horns, etc) समय-समय पर या निश्चित समय पर झड़ जाने वाला या गिर जाने वाला, 2 (of tree) जिस के पत्ते झड़ जाते हों, पर्णपाती, 3 ~ teeth दूध के दान्त, 4 *fig* क्षणभंगुर, अस्थायी

decimal डे'सिमल *a* & *n* दाशमिक, ~ **system** दाशमिक प्रणाली, ~ **coinage** दाशमिक मुद्रा; **to go** ~ दाशमिक प्रणाली अपनाना; *n* दशमलव

decimate डे'सिमेट *vt* (विद्रोही सैनिकों में से) दस के पीछे एक व्यक्ति को मार देना, आबादी का दसवां भाग या बहुत बड़ा भाग खत्म कर देना, जनसंहार करना; **decimation** *n* जनसंहार

decipher डिसाइफ़र *vt* & *n* (गूढ़ लेख को) पढ़ना या साधारण लिपि में लिखना, (अस्पष्ट या दुरूह लेख का) अर्थ लगाना; *n* गूढ़ लेख की व्याख्या या स्पष्टीकरण; ~**ment** *n* 1 स्पष्ट करने का काम, स्पष्टीकरण, 2 साधारण लिपि पें लिखने का काम

decision डिसिश्ज़न *n* 1 फ़ैसला, निर्णय, निपटारा, निश्चय, **to come to, reach, make, take, a** ~ किसी निश्चय पर पहुंचना, निश्चय करना, 2 संकल्प, पक्का इरादा, मानसिक दृढ़ता या स्थिरता

decisive डिसाइसिव *a* 1 निर्णायक, निश्चायक, [~ battle], निश्चयात्मक, पक्का, 2 निश्चित, साफ़, स्पष्ट, ~ superiority निश्चित बरीयता या श्रेष्ठता

deck^{1} डे'क *n* 1 जहाज़ की छत, डेक, N.B. In large ships there are ; (1) upper or spar deck, (2) main, (3) middle (4) lower and (5) lowest ~ or orlop; **on** ~ (of crew) काम के लिए तैयार, 2 (पोतघाट का) फ़र्श; (धूप में लेटने का) फलक, 3 **to clear the ~s** (see clear^{2}), 4 ~**-crew** खलासी लोग, डेक के कर्मचारी; ~**-passenger** डेक पर (न कि केबिन में) यात्रा करने वाला, डेक-यात्री

deck^{2} *vt* सजाना, सुसज्जित करना, अलंकृत या विभूषित करना, **to ~ oneself out** सुन्दर वेश-भूषा करना

declaim डिक्लेम *vi* & *t* 1 भाषण या वक्तृता देना, जोशीला भाषण देना, भाषण झाड़ना, 2 भाषण देने या कविता पढ़ने का अभ्यास करना, 3 **to ~ against** पर आक्षेप करना, निन्दा करना

declamation डे'क्लमेशन *n* 1 भाषण-कला, वक्तृता की कला, 2 जोशीला भाषण, ओजस्वी वक्तृता, 3 वाक्चातुर्य, शब्दपांडित्य, 4 (बंधा हुआ) भाषण; **declamatory** डिक्लैम-टरि *a* (of style) अलंकारपूर्ण, ओजस्वी, प्रभावशाली

declarant डिक्ले'अ-रन्ट *n* (*law*) अभिकथन करने वाला, बयान देने वाला, **अभिकथन-कर्ता**

declaration डे'क्ल-रेशन *n* 1 घोषणा, एलान, ~ **of the poll** उम्मीदवारों को मिले वोटों का एलान, 2 विज्ञप्ति, ज्ञापन, घोषणापत्र, 3 *law* (वादी का) अभिकथन, बयान, 4 *crick* पारी-समाप्ति की घोषणा

declare डिक्ले'अर *vt* & *i* 1 बता देना, साफ़-साफ़ कह देना, प्रकाशित करना, अभिकथन करना, 2 घोषणा करना, घोषित करना, एलान करना, 3 **to ~ oneself** अपना इरादा बताना, 4 **to ~ for, against,** s.o. अपने आप को किसी के पक्ष में, विरुद्ध, बताना या घोषित करना, 5 **to ~ the innings closed** (*or* **to declare**) पारी-समाप्ति की घोषणा करना, 6 (custom) कर-देय या महसूली माल का ब्योरा देना, Have you anything to ~? क्या आपके पास कोई महसूली चीज़ है?

declension डिक्ले'न्शन *n* 1 *gram* (कारक और वचन के अनुसार) संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण के रूप (बनाना), 2 अवनति, अपकर्ष

declination डे'क्लिनेशन *n* झुकाव, ढलान, उतराई

decline^{1} डिक्लाइन *vi* & *t* 1 (of ground etc) ढालू या ढलवां होना, नीचे की ओर जाना, झुकना, 2 (of day, life, etc) ढलना, अवसानोन्मुख होना, धीरे-धीरे समाप्त होना, उतार पर होना, 3 (of health, morals, etc) खराब होना, घटना, पतन होना, भ्रष्ट होना, ह्रास होना, 4 मुंह फेरना या मोड़ना, जवाब दे देना, इन्कार करना [to ~ to do sth], ना करना, अस्वीकार करना स्वीकार करने में असमर्थता व्यक्त करना [to ~ an invitation], 5 (of prices) घटना, कम होना, गिरना, 6 *gram* कारक और वचन के अनुसार रूप बनाना, 7 **declining years** वृद्धावस्था, बुढ़ापा

decline^{2} *n* 1 ह्रास, क्षय, पतन, अवनति, गिरावट, **to be on the** ~ ह्रासोन्मुख या पतनोन्मुख होना, the ~ and fall of the Roman empire रोमन साम्राज्य का ह्रास और पतन, 2 खराबी, बिगाड़, 3 *arch* क्षय रोग, यक्ष्मा आदि, 4 (कीमतों का)

गिराव, मन्दी, 5 (दिन या जीवन का) ढलना, अन्तिम दौर

declivity डिक्लिविटि *n* ढाल, ढलान; उतराई, **declivitous** *a*=foll

declivous डिक्लाइवस *a* ढालू, ढलवाँ

decoction डिकॉक्शन *n* 1 रस निकालने के लिए उबालना, काढ़ना, 2 काढ़ा, क्वाथ

decode डी-कोड *vt* =decipher

decollate डिकॉलेट *vt* सिर या सिरा काट देना

decolo(u)rize डी-कलराइज़ *vt & i* रंग उड़ाना या उड़ना

decompose डी-कम्पोज़ *vt & i* पदार्थ के तत्वों को अलग-अलग करना, विघटित करना, विश्लेषण करना, 2 गलना या गलाना, सड़ना या सड़ाना; **decomposition** *n* 1 विघटन, अपघटन, विश्लेषण, 2 सड़न, सड़ाव

deconsecrate डी-कॉन्-सिक्रेट *vt* (स्थान, संस्था आदि की) धार्मिकता या पवित्रता समाप्त करना, (धार्मिक कार्यों से हटा कर) लौकिक कार्य में लगाना

decontaminate डी-कन्टैमिनेट *vt* रोग के कीटाणुओं से रहित करना, गन्दगी दूर करना, शुद्ध करना; **decontamination** *n* स्वच्छकरण, विसंदूषण

decontrol डी-कन्ट्रोल *vt & n* कन्ट्रोल या नियन्त्रण हटाना या उठाना **~led** *a* नियन्त्रणमुक्त, जिसपर से नियन्त्रण उठा लिया गया हो, बिना कंट्रोल का

decor F डेकॉर *n* 1 कमरे की सजावट (का सामान), 2 *theatr* रंगमंच की दृश्यावली, सीनरी, (मंच-) सज्जा

decorate डे`क-रेट *vt* 1 सजाना, अलंकृत या विभूषित करना, 2 पदक या तमग़े से सम्मानित या विभूषित करना, पदक प्रदान करना; **~d** *a* पदक से सम्मानित या अलंकृत, पदक-प्राप्त

decoration डे`क-रेशन *n* 1 सजावट, सज्जा, 2 (usu in *pl*) उत्सव के अवसर पर लटकाने के) झंडे, झंडियां, हार आदि; बन्दनवार

decorative डे`क-र-टिव *a* शोभा या सौन्दर्य बढ़ाने वाला, सजावटी, अलंकारात्मक

decorator डे`क-रेटर *n* सजावट का काम करने वाला, घरों में रंग-रोगन तथा दीवारों पर कागज आदि लगा कर सजावट करने वाला, सज्जाकार

decorous डे`क-रस *a* शिष्ट, भद्र, शिष्टतापूर्ण, भद्रजनोचित, मर्यादानुकूल

decorum डिकॉरम *n* शिष्टाचार, शिष्टता, भद्रता, मर्यादानुकूल आचरण

decoy डिकॉइ *vt & n* 1 जंगली बत्तख़ को पकड़ने के लिए उसे सधाई हुई बत्तख़ की सहायता से ललचाकर तालाब के जालयुक्त तंग भाग में ले जाना, 2 प्रलोभन देना, फुसलाना, बहकाना, फँसाना [to **~ into, out of, sth**]; *n* 1 तालाब का जाल-युक्त तंग भाग जिसमें ले जाकर बत्तख को पकड़ा जाता है, 2 **~(duck)** दूसरी बत्तख़ों (या पक्षियों) को पकड़वाने के लिए सधाई हुई बत्तख (या सधाया हुआ पक्षी); ठग का साथी या सहायक, 3 लालच, प्रलोभन, आकर्षण, चारा, लासा, फंदा

decrease^1 डिक्रीस *vi & t* घटना, घटाना, कम होना या करना, छोटा होना या करना, ह्रास होना; **decreasing** *a* घटता हुआ, ह्रासमान

decrease^2 डीक्रीस *n* कमी, घटती, ह्रास, उतार; **on the ~** घटता हुआ

decree डि-क्री *n & vt* 1 राजाज्ञा, आज्ञप्ति, आदेश, हुक्म, फरमान, 2 अदालत का फ़ैसला, डिगरी, 3 ~ of divorce विवाह-विच्छेद अथवा संबंध-विच्छेद का आदेश, **~ nisi** सप्रतिबंध तलाक-आदेश (जिस के बारे में निश्चित अवधि के भीतर उज़्रदारी न करने पर आदेश लागू हो जाता है), 4 ईश्वरीय विधान, ईश्वरेच्छा; *vt* आदेश देना, फैसला देना, डिगरी देना, हुक्म या फरमान जारी करना

decrement डे`क्रिमन्ट *n* कमी, घटाव, ह्रास, अपक्षय (opp. increment)

decrepit डिक्रे`पिट *a* (of person, thg, institution) जराजीर्ण, जर्जर, क्षीण, निर्बल, पुराना-धुराना, ह्रासोन्मुख, लुप्त-प्राय; **~ude** *n* जर्जरता, जीर्णता

decrepitate डिक्रे`पिटेट *vt & i* 1 (आंच लगने से) चटकना, तड़तड़ाना, कड़कड़ाना, 2 (खनिज को) इतना तपाना जिससे फिर आंच से न चटके

decrescent डिक्रे`सन्ट *a* (usu of moon) घटता हुआ, क्षीयमाण, ह्रासमान (opp. crescent)

decry डिक्राइ *vt* (निकम्मा सिद्ध करने के लिए) निन्दा करना, बुराई करना

decuple डे`क्यूपल *a, n & vt & i* दसगुना; *n* दसगुना राशि; *vt & i* दसगुना करना या होना

dedicate डे`डिकेट *vt* अर्पण करना, समर्पण करना, समर्पित करना, प्रदान करना, निमित्त करना, किसी के नाम पर करना, to **~ oneself, one's life, to sth, to some cause** अपने आपको, अपना जीवन, किसी काम के लिए समर्पित करना; to ~ a book to s.o. ग्रन्थ किसी को समर्पित करना; **~d** *a* (of person) पूरी लगन या निष्ठा से काम करने वाला, एकनिष्ठ

dedication डे`डिकेशन *n* 1 समर्पण; निष्ठा, 2 (भवन या पुस्तक का) समर्पण संबंधी या समर्पणात्मक लेख, समर्पण-लेख

dedicatory *n* समर्पणात्मक, समर्पण का

deduce डिड्यूस *vt* 1 अनुमान करना, परिणाम या निष्कर्ष निकालना, निगमन करना, 2 *arch* व्यक्ति को अमुक वंश से अवतरित बताना

deduct डिडक्ट *vt* काटना, निकाल लेना, अलग कर देना, घटाना, कम करना [Marks will be ~ed for poor spelling]

deduction डिडक्शन *n* 1 व्यवकलन, कटौती, कमी, घटाव, छूट, 2 *log* अनुमान, सामान्य से विशेष का अनुमान, विशेषानुमान; कारण से कार्य का अनुमान,

निगमन, 3 परिणाम, निष्कर्ष

deductive डिडक्टिव *a* (see prec 2) निगमनात्मक, निगमनिक; ~**ly** निगमन विधि से

deed डीड *n* 1 काम, कार्य, कर्म, करनी, करतूत, 2 कारनामा, 3 वास्तविक कर्म, he was a ruler in~ वह वस्तुत: शासक था, **in thought, word and deed** मनसा वाचा कर्मणा, 4 *law* (वि० मिल्कियत-विषयक) लेख, अभिलेख, दस्तावेज़, पत्र, काग़ज़, **to draw up a ~** दस्तावेज़ लिखना; 5 **lease-~** पट्टा, पट्टे का दस्तावेज़, **~ of mortgage** बन्धक-पत्र रहननामा, **~-poll** एकपक्षीय अभिलेख या दस्तावेज़

deem डीम *vt* मानना, ख्याल करना, समझना, to ~ it one's duty अपना कर्तव्य समझना; it is, I ~, time to go मैं समझता हूं कि अब चलने का समय है

deep^1 डीप *a* 1 गहरा, अगाध, अथाह, the water was 10 feet ~ पानी दस फुट गहरा, था, knee-~ घुटनों तक (गहरा), waistc-~ कमर तक (गहरा), 2 *fig* भारी, अत्यन्त, गहरा ~ despair भारी निराशा; ~ interest गहरी दिलचस्पी, ~ sleep गहरी नींद, 3 गंभीर, गहराई में जाने वाला [~ reader, ~ thinker], 4 गहराई में या तह में पाया जाने वाला, गूढ़, दुर्बोध [the ~er causes], ~ **breathing** लंबा सांस लेना, 5 डूबा हुआ, मग्न, ~ **in debt** ऋण में डूबा हुआ, ~ **in study** अध्ययन-मग्न; 6 ~ red गहरा लाल, 7 (*mil*) **two, three, four, ~** दो, तीन, चार कतारों में, in some places the crowd was six ~ कई जगहों पर लोगों की छ: छ: कतारें लगी हुई थीं; 8 *comb*: **deep-freeze** *vt* (खाद्य पदार्थों को) जल्दी से बहुत ठंडा करना, हिमीकरण करना; **Deep-freeze** *n* हिमीकरण करने वाला शीतक या रेफ़्रिजेरेटर; **deep-fry** *vt* (तेल आदि में) डबो कर तलना

deep^2 *n* 1 समुद्र का गहरा भाग, गहरा समुद्र, गहराई, 2 **the deep** (*poet*) समुद्र, सागर, 3 खाई, खड्ड, गड्ढा

deep^3 *adv* 1 गहराई में, दूर तक, to read ~ into the night बड़ी रात गये तक पढ़ते रहना; **still waters run ~** शान्त जल बहुत खतरनाक होता है; शान्त व्यक्ति की वास्तविक भावना का पता नहीं चलता, 2 **~-rooted** (esp. of convictions) जिस की जड़ें दूर तक चली गई हों, जड़-पकड़ा हुआ, घर किया हुआ, **~-seated** = ~ rooted

deepen डीपन *vt* & *i* गहरा करना या होना, गंभीर करना या होना, दुबोध बनाना या होना [the mystery ~s], बढ़ाना, बढ़ना [the gloom ~s], (रंग) गहरा करना या होना

deeply *adv* 1 गहराई में, गहराई तक, दूर तक [to go ~ into sth], 2 अत्यन्त, बहुत [~ interested in a subject]

deer डियर *n* 1 हिरन, मृग, 2 **~-forest** हिरन के शिकार के लिए नियत (या आरक्षित) जंगल; **~skin** *n* मृगचर्म, मृगछाला, *a* हिरन की खाल का (बना हुआ), मृगचर्म-निर्मित; **~-stalker** हिरन का शिकारी

de-escalate डी-ऍस्कलेट *vt* तीव्रता या ज़ोर कम करना [to ~ bombing, tension, etc]; **de-escalation** *n* घटाव, धीमा होना

deface डिफ़ेस *vt* रूप बिगाड़ना, विरूप करना, कुरूप करना, 2 काट-पीट करना (जिससे पढ़ा न जा सके), 3 (डाक आदि के टिकट पर) मोहर लगाना; **~ment** *n* रूपविकृति; काट-पीट; मोहर लगाना

de facto L डी फ़ैक्टो *a* & *adv* वास्तविक; *adv* वस्तुत: वास्तव में, असल में, **तथ्यत:**

defalcate डीफ़ल्केट *vt* (अपने पास रखा हुआ दूसरे का रुपया) खा जाना, मार लेना, ग़बन करना, खयानत करना; **defalcation** डीफ़ल्केशन *n* गबन, खयानत, धनापहरण; **defalcator** डीफ़ल्केटर *n* गबन करने वाला, गबन-कर्ता

defamation डॆफ़-मेशन *n* मानहानि, हतक-इज़्ज़त, बदनामी

defamatory डिफ़ैम-टरि *a* मानहानिकर, बदनामी या निन्दा करने वाला, निन्दात्मक, अपमानजनक

defame डिफ़ेम *vt* मानहानि करना, निन्दा करना, बदनाम करना

default^1 डिफ़ॉल्ट *n* 1 व्यतिक्रम, चूक, दोष, 2 अनुपस्थिति, पैरवी न करना, **judgment by ~** प्रतिवादी के पैरवी न करने पर वादी के पक्ष में दिया गया निर्णय, **to go by ~** अनुपस्थिति के कारण उपेक्षित होना, 3 उपेक्षा, लापरवाही, गफ़लत, 4 भुगतान न करता, अदा न करना, गैर-अदायगी, 5 अभाव, **in ~ of** के अभाव में, के न होने पर

default^2 *vi* & *t* 1 व्यतिक्रम करना, चूकना, दोषी होना, 2 अदालत में उपस्थित न होना, पैरवी न करना, 3 भुगतान या अदायगी न करना, 4 *vt* वादी की अनुपस्थिति में उसके विरुद्ध फ़ैसला सुनाना; **~er** डिफ़ॉल्टर *n* 1 चूक करने वाला, दोषी, 2 अनुपस्थित (रहने वाला), 3 भुगतान या अदायगी न करने वाला; बाकीदार

defeasance डिफ़ीज़न्स *n* रद्द हो जाना, रद्द कर देना, अमान्य या अवैध हो जाना या कर देना, विफलीकरण

defeasible डिफ़ीज़िबल *a* जिसे रद्द किया जा सके, जिसे विफल किया जा सके, **विफलनीय**

defeat डिफ़ीट *vt* & *n* 1 विफल कर देना, पूरा न होने देना [to ~ one's own object]; **to ~ the ends of justice** न्याय के विरुद्ध होना, न्याय न होने देना, 2 *law* रद्द कर देना, 3 हराना, पराजित करना; *n* 1 विफलता, असफलता, 2 रद्द हो जाना, 3 हार, पराजय, **to suffer a ~** हार खाना

defeatism डिफ़ीटिज़म *n* हार स्वीकार कर लेने की मनोवृत्ति, पराजय की मनोवृत्ति, पराजयवाद, निराशावाद; **defeatist** *a* पराजयवादी, पराजय स्वीकार करने को तैयार

defecate डी-फ़िकेट *vt* 1 तलछट या मैल को निकाल देना, शुद्ध या साफ़ करना, 2 मल त्याग करना, शौच करना

defect^1 डिफ़ेॅक्ट *n* 1 त्रुटि, कमी, कसर, न्यूनता, ख़ामी, 2 दोष, अवगुण, दुर्गुण, खराबी

defect^2 *vi* अपने देश या दल को छोड़ कर दूसरे में चला जाना, दूसरे देश में शरण लेना [the pilot ~ed to the West]; **~or** *n* पक्षत्यागी; दल-बदलू; देश से पलायन करने वाला

defection डिफ़ेॅक्शन *n* 1 साथ छोड़ना, 2 (अपने धर्म, पक्ष, दल, आदि का) परित्याग [many ~s from the ruling party], 3 कर्तव्य पालन न करना [~ of duty], 4 भाग जाना, पलायन

defective डिफ़ेॅक्टिव *a* त्रुटिपूर्ण, दोषपूर्ण, सदोष, अपूर्ण, अधूरा, घटिया, खराब

defence डिफ़ेॅन्स *n* 1 रक्षा, प्रतिरक्षा, (हमले से) बचाव, बचाव का प्रबंध, बचाव करने वाली चीज़, कवच; **the best ~ is offence**, पहले हमला करना बचाव का सब से अच्छा तरीका है, 2 *crick* विकेट बचाना, (बल्ला ले कर) खेलना, 3 **line of ~** सुरक्षा चौकियों का सिलसिला, सुरक्षा-पंक्ति; **~ in depth** एक-दूसरी के पीछे कई रक्षापंक्तियों का होना; **defences** (*pl*) सुरक्षा-चौकियां, मोर्चा, मोर्चे, मोर्चेबन्दी, 4 (किसी बात का) औचित्य प्रमाणित करना, औचित्य प्रमाणित करने के लिए दिया गया भाषण या लिखा गया लेख, पक्ष-पोषण, सफ़ाई; it may said in his ~ that ...उसके पक्ष में यह कहा जा सकता है कि···, 5 *law* (i) प्रतिवादी का उत्तर, प्रतिवाद, सफ़ाई, (ii) सफ़ाई पक्ष, 6 **~ forces** सेनाएं, सेना के तीनों अंग; त्रिविध सेनाएं, **~ services** सेना के तीनों अंगों के कर्मचारी, रक्षा-कर्मचारी (-वर्ग), सैनिक-वर्ग

defenceless *a* जिसकी रक्षा का प्रवन्ध या साधन न हो, जो अपनी रक्षा न कर सके, अरक्षित, रक्षाहीन, निरस्त्र, असहाय

defend डिफ़ेॅन्ड *vt & i* 1 रक्षा करना, प्रतिरक्षा करना, बचाव करना, बचाना [**to ~ against, from**], 2 औचित्य बताना, पक्ष लेना, पक्ष पोषण करना, समर्थन करना, सफ़ाई देना [to ~ one's policy], 3 *law* सफ़ाई पेश करना, प्रतिवाद करना, (of counsel) प्रतिवादी की ओर से पैरवी करना; **to ~ oneself** अपने मुकदमे की स्वयं पैरवी करना

defendant डिफ़ेॅन्डन्ट *n* प्रतिवादी; (in criminal case) अभियुक्त, मुलज़िम

defender डिफ़ेॅन्डर *n* 1 रक्षक, प्रतिरक्षक, बचाव करने वाला, 2 **D~ of the Faith** धर्म-रक्षक (इंग्लैंड के सम्राटों की पदवी), 3 (sport) (प्रतियोगिता में भाग लेने वाला) पिछले वर्ष का विजेता (opp. challenger)

defensible डिफ़ेॅन्स-बल *a* 1 जिसकी आसानी से रक्षा की जा सके, 2 जिसे उचित या ठीक ठहराया जा सके, न्यायसंगत, समर्थनीय, 3 *law* प्रतिवादयोग्य

defensive डिफ़ेॅन्सिव *a & n* 1 रक्षा के लिए किया हुआ, रक्षार्थ, रक्षात्मक, प्रतिरक्षात्मक, रक्षा का, बचाव का, **~ war** स्वरक्षात्मक युद्ध; *n* रक्षा करने की स्थिति, रक्षात्मक कार्यवाही; **to be, act, stand, on the ~** अपना बचाव करना; **~ly** *adv* अपना बचाव करने के लिए, अपना बचाव करते हुए

defer^1 डि-फ़र *vt & i* (-rr-) 1 स्थगित करना, मुल्तवी करना, आस्थगित करना, 2 टाल देना, टाल-मटोल करना, विलम्ब या देर करना, ढील डालना, **deferred payment** विलंबित या (आ-)स्थगित भुगतान या अदायगी; **~ment** *n* स्थगित करना या होना, (आ-)स्थगन

defer^2 डि-फ़र *vi* मानना, बात मान लेना, लिहाज़ करना, आदर करना, **to ~ to s.o.'s opinion** किसी की राय का लिहाज़ करना, to ~ **to one's** elders बड़ों का लिहाज़ करना

deference डेॅफ़रंस *n* लिहाज़, (अपने से बड़े का) आदर, सम्मान, आदरपूर्वक ध्यान या ख़्याल, to show ~ **to** s.o. किसी का लिहाज़ करना, सम्मान या आदर करना, **in ~** to your wishes आपकी इच्छाओं का ध्यान रखते हुए या आदर करते हुए

deferential डेॅफ़-रेॅन्शल *a* आदरसूचक, सम्मान-सूचक; आदर करने वाला

defiance डिफ़ायन्स *n* (see defy) 1 (लड़ने या कोई बात प्रमाणित करने की) चुनौती, ललकार, 2 बिल्कुल न मानना, अवज्ञा, अवहेलना, उल्लंघन, 3 **to bid ~ to** s.o. किसी को चुनौती देना, ललकारना, **to set sth at ~** की परवाह न करना, अवज्ञा करना, **in ~ of** की परवाह न करते हुए, के विरुद्ध [in ~ of the law]

defiant डिफ़ायन्ट *a* 1 खुल्लमखुल्ला अवज्ञा करने वाला, आज्ञा का उल्लंघन करने वाला, अवज्ञाकारी, बात न मानने वाला, 2 अवज्ञापूर्ण, अवज्ञा का

deficiency डि-फ़िशन्सि *n* 1 अभाव, अपूर्णता, अपर्याप्तता, त्रुटि, 2 कमी, न्यूनता, कसर, टोटा, घाटा, घटती, 3 **mental ~** दिमागी कमज़ोरी; **~ disease** आहार में किसी तत्त्व की कमी से उत्पन्न रोग

deficient डि-फ़िशन्ट *a* 1 अपूर्ण, अधूरा, त्रुटिपूर्ण, अपर्याप्त, 2 जिसमें कोई कमी या खराबी हो, जिसमें किसी बात का अभाव हो, **to be ~ in sth** किसी बात की कमी होना, 3 **(mentally) ~** जिस में दिमागी कमज़ोरी हो, मन्दबुद्धि

deficit डेॅफ़िसिट *n* 1 घाटा, टोटा, कमी (वि० रुपये की), देनदारी का पूंजी से अधिक होना, 2 **deficit budget** बजट जिस में आय से व्यय अधिक हो, घाटे का बजट, 3 **deficit financing** घाटे का

बजट बनाना, घाटे को अर्थव्यवस्था, मन्दी या बेकारी को कम करने के लिये सरकार का वर्ष-विशेष में आय से अधिक खर्च करना; ~ **spending** ऋण लेकर (न कि टैक्स लगाकर) खर्च करना

defier डिफ़ाइअर *n* (f. defy) चुनौती देने वाला, विरोध करने वाला, अवज्ञाकारी

defilade डे`फ़िलेड *vt*, *n* मोर्चों, खन्दकों आदि को सर्वनाशक गोलाबारी (see enfilade) से बचाने के लिए उनका विशेष ढंग से विन्यास करना; *n* ऐसा विन्यास, ऐसी व्यवस्था, **बचाव-व्यूह, रक्षा-व्यूह**

defile^{1} डिफ़ाइल *vt & n* (सैनिकों का) कतार बांध के चलना, पंक्ति या पंक्तियों में चलना, पंक्तिबद्ध हो के चलना; *n* संकरा रास्ता, तंग रास्ता (जिसं में से सैनिक कतार बांध के ही निकल सकें), घाटी, दर्रा

defile^{2} *vt* 1 गन्दा या मैला या खराब करना, 2 (मन्दिर आदि पवित्र स्थान को) अपवित्र करना, नापाक करना, भ्रष्ट करना, दूषित करना; ~**ment** *n* अपवित्रीकरण

define डिफ़ाइन *vt* 1 सीमा निर्धारित करना, सीमा निर्दिष्ट करना [to ~ a territory], सीमांकित करना, 2 (वि० बहिर्रेखा को) स्पष्ट करना [well-defined image], 3 साफ़-साफ़ बताना [I'll ~ your duties]; to ~ **one's position** अपना रवैया या दृष्टिकोण साफ़-साफ़ बताना, अपनी स्थिति स्पष्ट करना, 4 स्पष्ट और सही अर्थ बताना, परिभाषा करना, परिभाषित करना

definite डे`फ़ि-निट *a* 1 जिस की सीमा निर्धारित या निर्दिष्ट हो, 2 निश्चित, निश्चयात्मक, साफ़-साफ़; ठीक-ठीक, नियत, ~ **article**: *the*; ~**ly** निश्चित रूप में, सचमुच

definition डे`फ़ि-निशन 1 यह बताना कि कोई वस्तु कैसी है, 2 वस्तु के गुण, स्वभाव आदि का यथार्थ वर्णन, विशेषता का वर्णन, लक्षण-निर्देश, निरूपण, व्याख्या, परिभाषा, 3 स्पष्टता [~ of the outline, image, etc]

definitive डि-फ़िनिटिव *a* 1 (of answer, offer, treaty, verdict, etc) निश्चयात्मक, दो टूक, पक्का, अन्तिम, जिसमें किन्तु-परन्तु या अगर-मगर न हो, बिला शर्त, 2 (of edition of book etc) प्रामाणिक

deflagrate डी-फ़्लग्रेट *vi & t* एक दम भड़क उठना और तेज़ी से जलकर खतम हो जाना, धधकना, भभकना, भड़कना, दहकना; *vt* दहकाना, **deflagration** *n* धधक, भभक, भड़क, दहक, दहन, उद्दहन

deflate डिफ़्लेट *vt* 1 (टायर आदि से) हवा निकालना, पिचकाना, 2 *fin* मुद्रास्फीति कम करना, नोटों की संख्या कम करना, मूल्य गिराना, महँगाई कम करना, 3 *fig* महत्त्व घटाना, अभिमान तोड़ना [to ~ a self-styled leader]

deflation डिफ़्लेशन *n* मुद्रास्फीति में कमी, अवस्फीति (opp inflation); ~**ary** *a* मुद्रास्फीति कम करने वाला अवस्फीतिकारी, महंगाई कम करने वाला

deflect डिफ़्ले`क्ट *vt & i* 1 एक तरफ़ मोड़ना या मुड़ना, रास्ता बदल देना या बदल लेना, मार्ग से हटाना या हटना, 2 गलत रास्ते पर डालना या पड़ना, पथभ्रष्ट करना या होना

deflection, -xion डिफ़्ले`क्शन *n* (see prec) 1 झुकाव, मोड़; *fig* विपथन, 2 यन्त्र की सुई का शून्य-बिन्दु (०) से इधर-उधर होना, विचलन

defloration डि-फ़्लरेशन *n* (f. foll) 1 कौमार्य-हरण, कौमार्य भंग, सतीत्व हरण, 2 लूट-खसोट, विध्वंस, 3 फूलों का गिर जाना

deflower डिफ़्लाउर *vt* 1 कौमार्य भंग करना, सतीत्वहरण करना, 2 लूटना, उजाड़ना, विध्वंस करना, तबाही मचाना, 3 पुष्परहित करना

defoliate डी-फ़ोलियेट *vt* (झाड़ी आदि को) पत्ररहित कर देना; **defoliation** *n* पत्तों का झड़ जाना, पतझड़, विपत्रण

deforest डि-फ़ो`रें`स्ट *vt* पेड़ों से रहित करना, जंगल काट देना, जंगल साफ़ कर देना; ~**ation** *n* जंगल की कटाई, निर्वनीकरण

deform डिफ़ॉर्म *vt* कुरूप करना, शक्ल बिगाड़ देना, (शरीर या किसी अंग को) टेढ़ा-मेढ़ा कर देना, विकृत करना; ~**ed** *a* (of limb) विकृत, टेढ़ा-मेढ़ा, (of person) वक्राङ्ग, विकृताङ्ग विकृतशरीर

deformation डिफ़ॉर्मेशन *n* 1 विरूपता, विकृति, बिगाड़, खराबी, 2 शब्द का विकृत रूप, अपभ्रंश

deformity डिफ़ॉर्मिटि *n* 1 कुरूपता, विरूपता, भद्दापन, खराबी, (शरीर के अंग का) टेढ़ापन, 2 दुष्टता, नीचता, बुराई

defraud डिफ़्रॉड *vt* 1 धोखा देना, धोखाधड़ी करना, कपट करना, ठगना, छलना, 2 धोखा या झाँसा दे कर ले लेना, झंसना, ऐंठना, to ~ s.o. of sth किसी से कोई चीज़ ऐंठना

defray डिफ़्रे *vt* अदा करना, खर्च भरना, देना, चुकाना, to ~ s.o.'s expenses किसी का खर्च भरना या उठाना, to ~ the cost of sth किसी चीज़ की कीमत या लागत अदा करना या चुकाना; ~**al**, ~**ment** *nn* अदायगी, भुगतान

defrost डीफ़्रो`स्ट *vt* 1 बर्फ़ पिघलाना या हटाना, 2 (जमे हुए खाद्य पदार्थ को) कुछ-कुछ पिघलाना

deft डे`फ़्ट *a* (वि० हाथ के काम में) कुशल, निपुण, दक्ष, सफ़ाई से काम करने वाला; ~**ly** *adv* कुशलता से, सफ़ाई से; ~**ness** *n* कुशलता, निपुणता

defunct डिफ़ङ्क्ट *a* 1 मृत, दिवंगत; **the** ~ मृतव्यक्ति, 2 समाप्त, लुप्त, जिसका अस्तित्व न रहा हो, विगत, [the ~ organisation]; अप्रचलित, निष्क्रिय

defuse डीफ़्यूज़ *vt* 1 (विस्फोटक या बम का) पलीता निकाल लेना, 2 (गड़बड़ या अशान्ति की) संभावना मिटा देना, कारण दूर करना [to ~ the crisis, tension, trouble, etc]

defy डिफ़ाइ *vt* 1 किसी को चुनौती देना कि वह

अमुक काम करके दिखाये या अमुक बात साबित कर के दिखाये, **I defy you to do so** मैं तुम्हें चुनौती देता हूं कि तुम ऐसा कर के दिखाओ, 2 कहना मानने से इन्कार करना [to ~ one's parents]; खुल्लमखुल्ला विरोध करना, परवाह न करना, न मानना, अवज्ञा या अवहेलना करना [Don't ~ the law], 3 (of thgs) विकट कठिनाई उपस्थित करना, अत्यन्त कठिन या असंभव होना, **Happiness defies definition** सुख की परिभाषा नहीं की जा सकती; to ~ description वर्णनातीत होना, to ~ capture पकड़ा न जा सकना

degeneracy डि-जें न-रसि *n*=degeneration

degenerate^1 डिजें न-रट *a* & *n* 1 अपनी जाति के गुणों से रहित (प्राणी या पौधा), भ्रष्ट, अपभ्रष्ट, 2 जिसके शारीरिक, मानसिक या नैतिक गुणों का ह्रास हो गया हो, पतित, गिरा हुआ, पहले गौरव से रहित; *n* पतित या भ्रष्ट व्यक्ति

degenerate^2 डिजें न-रेट *vi* (see prec) 1 अपनी जाति के गुणों से रहित हो जाना, 2 भ्रष्ट या अपभ्रष्ट या पतित हो जाना, चरित्र बिगड़ना

degeneration *n* 1 अपकर्ष, अधःपतन, अधोगति, गिरावट, गिरी हुई हालत, 2 *path* (शरीर के किसी अवयव का) गलना-सड़ना, विकार, अपक्षय, ह्रास

deglutition डी-ग्लूटिशन *n* (*arch*) निगलना, निगरण

degradation डिग्रडेशन *n* 1 अवनति, 2 पदच्युति, 2 अपमान, अवमानना. 4 पतन, गिरावट, गिरी हुई हालत, दुरवस्था

degrade डिग्रेड *vt* 1 पद घटाना, दरजा घटाना, 2 कदर घटाना, ज़लील करना [**to** ~ oneself by offering or taking bribes], 3 पतित या भ्रष्ट करना, आचारहीन बनाना; ~**ed** *a* 1 पदच्युत, 2 अपमानित, ज़लील, 3 पतित, गिरा हुआ, 4 आचारहीन; **degrading** *a* अपमानजनक, ज़लील करने वाला

degree डि-ग्री *n* 1 पैड़ी, सीढ़ी, पग, कदम, क्रम, **by degrees** क्रमशः, धीरे-धीरे, थोड़ा-थोड़ा कर के, 2 परिमाण, मात्रा, कोटि, **in some** ~ कुछ हद तक, **to a** ~, **to a high** ~, बहुत अधिक, 3 वंशक्रम, पीढ़ी, **prohibited** ~s जितनी पीढ़ी तक के संबंधियो में परस्पर-विवाह निषिद्ध होता है, वर्जित पीढ़ियां, 4 (समाज में) पद, पदवी, दर्जा, सामाजिक स्थिति, **of high** ~ ऊंचे दर्जे का, प्रतिष्ठित, सम्भ्रान्त, 5 (बी० ए०, एम० ए० आदि की) उपाधि, पदवी, डिग्री, to take one's ~ डिग्री प्राप्त करना, 6 *math* समकोण का 1/90 भाग: अंश, दर्जा (symbol ° as 45°), 7 तापमान का दर्जा, **8 third degree** अभियुक्त से अपराध मनवाने के लिए पुलिस द्वारा कड़ी और लंबी पूछ-ताछ करना और मारना-पीटना, यातनाएं देना; **third degree method** यातना देकर अपराध मनवाने का तरीका

degressive डिग्रे सिव *a* (of taxation) जिसकी दर छोटी राशियों पर क्रमशः घटती जाए; अवरोही

dehumanize डी-ह्यू म-नाइज़ *vt* (सहानुभूति, दया आदि) मानवता (के गुणों) से रहित करना, इन्सानियत से गिराना, अमानवीय बनाना; **dehumanization** अमानवीकरण

dehydrate डी-हाइड्रेट *vt* (*chem*) (पदार्थ को) जलरहित करना, सुखाना, खुश्क करना; ~**d** *a* निर्जलीकृत, सुखाया हुआ; **dehydration** *n* निर्जलीकरण

dehypnotize *vt* सम्मोहन के प्रभाव से मुक्त करना

deification डी-इ-फ़िकेशन *n* देवत्वआरोपण [the ~ of the Buddha]

deify डीइफ़ाइ *vt* देवता या अवतार समझना या मानना, (देवता की तरह) पूजा करना [to ~ a leader, king, etc]

deign डेन *vt* ठीक समझना, करने को तैयार होना, कृपा या अनुग्रह करना, to ~ **to do sth** कुछ करने की कृपा करना (see condescend)

deity डी-इटि *n* 1 देवता, देवी, अवतार, (*pl*) देवी-देवता [Greek, Roman, Hindu, deities], 2 देवत्व, देवताओं का सा स्वभाव, 3 **the Deity** ईश्वर

deject डिजेक्ट *vt* (usu in *pp*) हतोत्साह करना, निराश करना, दिल तोड़ना, ~**ed** *a* उदास, खिन्न, निराश

dejection डिजे क्शन *n* उदासी, खिन्नता, निराशा

de jure L डि-जुअरि *a* & *adv* विधिसम्मत, विधान-सम्मत, विधान के अनुसार, विधानतः, विधितः the de jure king विधिसम्मत राजा, (cf de facto)

delate डिलेट *vt* (*arch*) 1 मुखबिरी करना, 2 (जुर्म की) रपट लिखवाना

delay^1 डि-ले *vt* & *i* & *n* 1 देर करना, विलम्ब करना [Justice ~ed is justice denied], 2 ढील डालना, टाल-मटोल करना, स्थगित करना, 3 रुकावट या बाधा डालना, 4 ~**ed message** देर से प्राप्त समाचार या सन्देश; ~**ed-action bomb** कुछ समय बाद फटने वाला बम

delay^2 *n* 1 देर, देरी, विलम्ब, ; टाल-मटोल, **without** ~ अविलम्ब, तुरन्त, फ़ौरन, 2 रुकावट, बाधा

delectable डिले क्ट-बल *a* (*lit* or *iron*) आनन्ददायक, मज़ेदार, सुस्वादु, स्वादिष्ट

delectation डीले क्टेशन *n* मनोरंजन, रसास्वादन for the reader's ~ पाठकों को रसास्वादन कराने के लिए

delegacy डे लि-गसि *n* 1 प्रतिनिधि (नियुक्त करने की) प्रणाली, 2 प्रतिनिधि बनाया जाना, प्रतिनिधि के रूप में नियुक्ति

delegate^1 डे लि-गट *n* प्रतिनिधि, नुमाइंदा

delegate^2 डे लिगेट *vt* 1 प्रतिनिधि बनाना या नियुक्त करना, प्रतिनिधि बनाकर भेजना, 2 (अधिकार) सौंपना या देना [to ~ authority, powers, to s.o.]

delegation डॆलिगेशन *n* 1 प्रतिनिधिमंडल, शिष्टमंडल, 2 (अधिकार) सौंपना, दे देना

delete डिलीट *vt* (अक्षर, शब्द, वाक्य आदि) क़ाट देना, निकाल देना, हटा देना

deletion डिलीशन *n* लोप, विलोपन

deleterious डॆलि-टिअरिअस *a* (स्वास्थ्य या चरित्र के लिए) हानिकारक, अनिष्टकर, अस्वास्थ्यकर

deliberate¹ डिलिब-रिट *a* 1 जान बूझ कर या सोच-समझ कर किया हुआ, सोचा-समझा, 2 सोद्देश्य, इरादे के साथ, 3 (of person) सोच-समझ कर फ़ैसला करने वाला, सावधान, 4 (of movement etc) धीमा, his ~ tread उसके धीमे कदम, उसकी धीमी चाल; **~ly** जान-बूझ कर, सोच-समझ कर, सोद्देश्य

deliberate² डिलिब-रेट *vi* & *t* 1 गंभीरतापूर्वक सोच-विचार करना, विचार-विमर्श करना [to ~ **over, on,** a question]; *vt* we ~d how it might be done हम ने इस बारे में सोच-विचार किया कि यह काम कैसे किया जाये, 2 मन्त्रणा करना, सलाह-मशविरा करना, सलाह लेना, बहस करना

deliberation डिलि ब-रेशन *n* 1 तर्क-वितर्क, सोच-विचार, विचार-विमर्श, 2 पक्ष-विपक्ष पर विचार, वाद-विवाद, बहस, 3 सावधानी, जल्दबाजी से बचना, 4 धीमी चाल या गति [to walk into a room with great ~]

deliberative डिलि ब-रटिव *a* वाद-विवाद का, वाद-विवाद या बहस के लिए नियुक्त; a ~ assembly विचार-विमर्श या बहस करने वाली सभा, **विचारसभा**

delicacy डॆलि-कसि *n* 1 स्वादु भोजन, मज़ेदार चीज़ [table delicacies], 2 (of texture) बारीकी, सूक्ष्मता, बढ़ियापन, 3 (of situatiou, task, etc) विषमता, कठिनाई, नज़ाकत, सोच-समझ के करने योग्य होना, सावधानी बरतने योग्य होना

delicate डॆलि-कट 1 *a* (of food) स्वादु, स्वादिष्ट, मज़ेदार, 2 (of living) विलासपूर्ण, सुख-सुविधा का, स्त्रियोचित, स्त्रैण, 3 (of cloth) सूक्ष्म, बारीक, महीन, झीना, मुलायम, बढ़िया, 4 दुरूह, दुर्बोध, सूक्ष्म, 5 (of situation etc) कठिन, नाज़ुक, खतरनाक, संकटपूर्ण, विषम, सावधानी बरतने योग्य, जिससे निपटने में सावधानी से काम लेना पड़े, 6 (of person, health) सुकुमार, कोमल, नाज़ुक, दुर्बल, कमज़ोर, जल्दी बीमार पड़ जाने वाला, 7 शालीन, लज्जाशील, संकोची, अश्लीलता से रहित

delight¹ डिलाइट *n* हर्ष, आनन्द, प्रसन्नता, खुशी, मज़ा; आनन्ददायक बात या चीज़ या काम; it is such a ~ to talk to him उससे बात करने में बड़ा मज़ा आता है, **to take ~ in sth** किसी काम में मज़ा आना, आनन्द अनुभव करना; **~ful** *a* आनन्ददायक, मज़ेदार; **~some** *a* (*liter*) आनन्ददायक

delight² *vt* & *i* बहुत प्रसन्न या खुश करना, I shall be ~ed to see you आपसे मिल कर मुझे बहुत खुशी होगी, I was ~ed **with** (*or* at) the result परिणाम से मुझे बहुत प्रसन्नता हुई, 2 *vi* [to ~ **in sth, in doing** sth], he ~s **in** music उसे संगीत में आनन्द आता है; he ~s **in** reading novels उसे उपन्यास पढ़ने में बड़ा मज़ा आता है

Delilah डलाइ-ल: मोहिनी, मोह लेने वाली स्त्री, सुन्दर नारी, छल करने वाली, ठगनी

delimit(ate) डीलिमिट, -मिटेट *vt* सीमा निर्धारित करना, हदबन्दी करना; **delimitation** *n* सीमा-निर्धारण, सीमांकन, परिसीमन

delineate डि-लिनियेट *vt* चित्र बना कर या शब्दों द्वारा बताना, चित्रण करना, चित्र खींचना, वर्णन करना, to ~ the character of किसी का चरित्र-चित्रण करना; **delineation** *n* चित्रण, वर्णन; चित्र

delinquency डिलिन्क्वन्सि *n* 1 कर्तव्य में प्रमाद या त्रुटि, कर्तव्य पालन न करना, 2 दोष, अपराध, पाप, जुर्म, कुकर्म, अपराध-प्रवृत्ति, **juvenile ~** अल्पवयस्क (१८ वर्ष या निश्चित आयु तक के) बालकों द्वारा किये जाने वाले अपराध, अल्पवयस्कों की अपराध-प्रवृत्ति

delinquent डिलिन्क्वन्ट *a* & *n* 1 चूक करने वाला, अपराधी, दोषी, कसूरवार, मुजरिम, 2 कर्तव्य पूरा न करने वाला

delirious डिलिरिअस *a* (f. foll) 1 उन्मत्त, प्रलापोन्मत्त, बहकी बहकी बातें करने वाला, 2 बड़े जोश में आया हुआ, आपे से बाहर, उत्तेजित, ~ **with joy** खुशी से पागल

delirium डिलिरिअम *n* 1 (तेज ज्वर में) उन्माद की वह अवस्था जिसमें व्यक्ति ऊटपटांग बकने लगता है, प्रलापोन्माद, प्रलाप, सरसाम, 2 आनन्दातिरेक, अपार आनन्द, उल्लास, हर्षोन्माद, 3 ~ **tremens** सकम्प उन्माद, सकम्प प्रलाप

deliver डि-लिवर *vt* 1 बचाना, रक्षा करना, छुड़ाना, मुक्त करना, रिहा करना, छोड़ना, to ~ s.o. **from** death मौत से बचाना, to ~ s.o. **from** captivity क़ैद से छुड़ाना, 2 (in *pass*) **to be ~ed of a child** बच्चे को जन्म देना, 3 प्रकट या व्यक्त करना, to ~ oneself of an opinion etc चिर काल से दबाये हुए विचारों को व्यक्त कर देना, 4 **to ~ up** *or* **over** (**to**) छोड़ देना, दे देना, सौंपना [he delivered up (*or* over) the charge of his office to his successor], 5 **to ~** s.o. or sth **up** (*or* **over**) to s.o. कोई व्यक्ति या चीज़ किसी के हवाले कर देना या सपुर्द कर देना, 6 चिट्ठियां बांटना, माल पहुंचाना, 7 **to deliver the goods** (*fig*) किसी मामले में अपना कर्तव्य या काम पूरा करना, अपनी ज़िम्मेवारी निबाहना या निभाना या पूरा करना, 8 to ~ a blow प्रहार करना, to ~ a ball (क्रिकिट की गेन्द) फेंकना, 9 सस्वर कविता-पाठ करना, भाषण आदि देना; a well-delivered sermon प्रभावशाली ढंग से दिया गया

भाषण, 10 to ~ **a judgment** फ़ैसला सुनाना; ~**er** *n* बचाने या छुड़ाने वाला, मुक्ति दिलाने वाला

deliverance डिलिवरन्स *n* 1 बचाव, छुटकारा, रिहाई, मुक्ति, 2 प्रभावशाली ढंग से या खास अवसर पर व्यक्त की गई सम्मति, 3 फ़ैसला, निर्णय

delivery डिलिव्रि *n* 1 प्रसव, प्रसूति, बच्चा होना, 2 चिट्ठियों की बाँट, वितरण; माल की पहुंच, सपुर्दगी, 3 *law* जायदाद का सौंपा जाना या हस्तान्तरण, 4 क्रिकिट की गेंद फेंकना, 5 भाषण देना या पढ़ना, भाषण-शैली, the ~ of the convocation address took two hours दीक्षान्त भाषण (देने) में दो घंटे लग गये, a telling ~ प्रभावशाली भाषण-शैली

dell डॅ॓ल *n* छोटी घाटी या खड्ड (जिसके किनारे पेड़ों से ढके हों)

Delphian, Delphic *aa* 1 डैल्फ़ी का, डैल्फी का-सा, डैल्फ़ी के आकाशवाणी-मन्दिर का या उस जैसा, 2 दुरूह, द्व्यर्थक, दुर्बोध [Delphic pronouncements]. ; [*Myth*: Apollo's oracle in Delphi, an ancient Greek city, was consulted by many anxious seekers for truth. Quite often, the answers were ambiguous (see also 'Oracle')]

delta डॅ॓ल्टः *n* 1 ग्रीक वर्णमाला का चौथा वर्ण, 2 नदी के मुहाने पर की तिकोनी कछारी भूमि, डेल्टा

delude डिल्यूड *vt* धोखा देना, ठगना, बहकाना, झांसा देना, भुलावा देना, भ्रम में डालना, मुग्ध या मोहित करना, सब्ज़ बाग दिखाना, to ~ oneself अपने आपको धोखे में डालना, भ्रम में पड़ना, to ~ oneself **with** false hopes झूठी आशाओं के चक्कर में पड़ना

deluge डॅ॓ल्यूज *n* & *vt* 1 भारी बाढ़, प्रलयंकर बाढ़, प्लावन, जलप्लावन, 2 भारी वर्षा, अतिवृष्टि, 3 शब्दों की बाढ़ या बौछार या भरमार; *vt* 1 डुबा देना, प्लावित करना, 2 भरमार कर देना, I have been ~d **with** letters मेरे यहां चिट्ठियों की बाढ़ सी आ गई है, मेरे यहां पत्रों का ढेर लग गया है

delusion डिल्यूश्ज़न *n* (f. delude) 1 धोखा, छल, प्रतारणा, वंचना, भुलावा, 2 गलत धारणा या विचार, भ्रम, भ्रान्ति, वहम; **to be under a** ~ भ्रम में पड़े होना

delusive डिल्यूसिव *a* 1 भ्रान्तिजनक, भ्रमोत्पादक, अवास्तविक, झूठा, असत्य, 2 निराशाजनक

de luxe डि-लक्स *a* 1 बढ़िया, बहुत आरामदेह, सुखद, 2 उत्कृष्ट, उत्तम [~ edition of a book]

delve डॅ॓ल्व *vt* & *i* & *n* (*arch*) 1 खोदना, खोजना, गहराई में जाकर ढूंढना, 2 अनुसन्धान करना, अन्वेषण करना, (अनुसन्धान के लिए ग्रन्थों आदि का) अनुशीलन करना [to ~ **into** old books]

demagnetize डीमैग्निटाइज़ *vt* चुम्बकत्वरहित करना, विचुम्बकित करना

demagogue डॅ॓म-गॉ॓ग *n* जनता को भड़काने वाला नेता या वक्ता, उत्तेजना फैलाने वाला, जनोत्तेजक

demagogic डॅ॓म-गॉ॓जिक, -गॉ॓गिक *a* जनता को भड़काने वाला या भड़काने का, जनोत्तेजक

demagogy डॅ॓म-गॉ॓गि *n* जनता को भड़काना, जनोत्तेजक कार्य या भाषण, नेतागिरी

demand^1 डिमान्ड *n* 1 अधिकारपूर्वक मांग, **payable on** ~ मांगने पर दिया जायेगा; ~ **note** मांग रुक्का, 2 (माल आदि की) मांग, **supply and demand** पूर्ति और माँग; to be **in** (great, little) ~ (बहुत, कम) मांग होना [There is a great ~ **for** engineers], 3 आवश्यकता, जरूरत, such are the ~s of the case इस मामले में इन बातों की ज़रूरत है, 4 दावा, हक, अधिकार; There are many ~s **on** my time मेरा सारा वक्त लगा हुआ है, कोई वक्त ख़ाली नहीं है

demand^2 *vt* [N.B. the object of demand may be: a noun, inf. or that-clause], 1 मांगना, (अधिकारपूर्वक) चाहना [to ~ sth **of, from**, s.o.], 2 आग्रह करना, he ~s **to** know whether...वह यह जानने का आग्रह करता है कि क्या..., 3 आवश्यकता होना, the matter ~s great care इस मामले में बड़ी सावधानी (बरतने) की ज़रूरत है, 4 आग्रहपूर्वक पूछना, पूछने का आग्रह करना, to ~ s.o.'s business किसी से आग्रहपूर्वक पूछना कि 'तुम क्या चाहते हो?'

demarcate डीमार्केट *vt* (भूमि, इलाके आदि की) सीमा निर्धारित करना, सीमांकन करना, सीमा के निशान लगाना, हदबंदी करना, सीमा-रेखा खींचना

demarcation डीमार्केशन *n* सीमानिर्धारण, सीमांकन, सीमा-निर्देश, हदबन्दी, हद, सीमा, line of ~ सीमा-रेखा

démarche F डेमार्श (*diplom*) (वि० नई नीति का सूचक) राजनीतिक कदम या कार्यवाही या प्रस्ताव, नया कदम, नया प्रस्ताव

demean^1 डिमीन *v refl* (with *adv* or *adv phr*) आचरण करना, व्यवहार करना, to ~ oneself honourably भद्रजनोचित व्यवहार करना, ईमानदारी का व्यवहार करना

demean^2 *vt* (usu *refl*) मान घटाना, शान घटाना, प्रतिष्ठा घटाना, अपमानित करना, ज़लील करना [to ~ oneself **to do sth**]

demeanour डि-मीनर *n* आचरण, व्यवहार, बर्ताव, चेष्टा, चाल-ढाल, रंग-ढंग

demented डि-मॅ॓न्टिड *a* उन्मत्त, विक्षिप्त, पागल [He was running like one ~]

dementia डिमॅ॓न्शियः *n* (*med*) (दिमागी कमज़ोरी के कारण होने वाला) उन्माद, चित्तविक्षेप, पागलपन, मनोभ्रंश

demerit डीमॅ॓रिट *n* अवगुण, दुर्गुण, बुराई, खराबी, दोष, त्रुटि

demesne डिमीन, डिमेन *n* (*law*) भूमि पर स्वयं

मालिक का कब्जा (होना); भूमि जो मालिक के कब्जे में हो (अर्थात् जो पट्टेदार को न दी गई हो), मालिकाना भूमि, **to hold land in ~** भूमि पर स्वामित्व एवं कब्जा होना, 2 जागीर, जायदाद

demigod *n* 1 देवता और मनुष्य की सन्तान, मनुष्यों में देवता, देवतुल्य व्यक्ति, व्यक्ति जिसकी देवता के समान पूजा की जाती हो, 2 किन्नर, यक्ष, विद्याधर, गन्धर्व, अप्सरा आदि, उपदेवता

demilitarization *n* (f. foll) असैनीकरण

demilitarize डीमिलिटराइज़ *vt* सेना से रहित करना, सेना हटा लेना, **~d zone** असैनीकृत प्रदेश या क्षेत्र

demise डिमाइज़ *vt* & *n* 1 वसीयत अथवा पट्टे के द्वारा जायदाद को किसी के नाम कर देना, वसीयत करना, पट्टा करना, 2 (व्यक्ति के द्वारा स्वयं त्यागने पर अथवा उसकी मृत्यु के बाद उसकी) उपाधि आदि दूसरे को संक्रामित करना; *n* मृत्यु, देहान्त, निधन

demission डिमिशन *n* (f. foll) पदत्याग, अधिकार-त्याग

demit डि-मिट *vt* & *i* (-tt-) पदत्याग करना, इस्तीफ़ा देना

demob डिमॉब *vt* & *n* (*colloq*) लाम तोड़ना, (सैनिकों को) सैनिक-सेवा से मुक्त करना, ~bed person सेवामुक्त व्यक्ति; *n* सैनिक-सेवा से मुक्ति

demobilization *n* सैन्य-विघटन, सैन्य-वियोजन, लामबन्दी तोड़ना

demobilize डि-मोबिलाइज़ *vt* (सेना की) युद्ध-काल की तैयारी की अवस्था का अन्त करना, लामबन्दी तोड़ना, सेना को विघटित करना

democracy डिमॉक्रसि *n* लोकतन्त्र, प्रजातन्त्र, जनता का राज्य, जनता के प्रतिनिधियों द्वारा शासन

democrat डेॅम-क्रैट *n* लोकतन्त्र (-प्रणाली) का समर्थक, लोकतन्त्रवादी, प्रजातन्त्रवादी, (U.S.) **D~** डैमोक्रैटिक पार्टी का सदस्य

democratic डेॅम-क्रैटिक *a* 1 लोकतान्त्रिक, लोकतन्त्री, लोकतन्त्रीय, लोकतन्त्रात्मक, 2 लोकतन्त्र का समर्थक, (U.S.) **the D~ Party** अमरीकी लोकतन्त्री दल (जो संघ सरकार में शासन सत्ता केन्द्रित करने का विरोध और राज्यों में स्थानीय शासन-संस्थाओं की स्वायत्तता और व्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन करता है); **~ally** *adv* लोकतन्त्र (के सिद्धान्तों) के अनुसार; लोकतान्त्रिक ढंग से

democratization *n* लोकतन्त्रीकरण

democratize डिमॉक्रटाइज़ *vt* & *i* लोकतान्त्रिक पद्धति को अपनाना, लोकतन्त्र स्थापित करना

demographer डिमॉग्रफ़र *n* जनांकिकी-विशेषज्ञ

demographic डेॅम-ग्रैफ़िक *a* जनांकिकीय

demography डिमॉग्रफ़ि *n* जनता के विभिन्न वर्गों के रहन-सहन की हालत पर प्रकाश डालने वाले आँकड़ों (वि० जन्मदर, रोगों, मृत्युदर से सबंधित आंकड़ों) का संकलन (करने की विद्या), जनांकिकी, जनसांख्यिकी

demolish डिमॉलिश *vt* 1 (इमारत आदि) ढा देना, ढहाना, गिराना, विध्वंस करना, नष्ट करना, 2 (संस्था को) तोड़ना, भंग करना, 3 (सिद्धांत, दलील का) खंडन करना, प्रत्याख्यान करना [to ~ a theory], 4 *joc* (मिठाई आदि) खा जाना, हड़प कर जाना

demolition डेॅम-लिशन *n* 1 ढाना, ढहाना, 2 विध्वंस, 3 खंडन, प्रत्याख्यान

demon डीमन *n* 1 (also **daemon**) असुर, दानव, दैत्य, राक्षस, 2 पिशाच, भूत, प्रेत, 3 शैतान, 4 *fig* तबाही मचाने वाला, **~ bowler** बहुत तेज़ गेंद फेंकने वाला, **he is a ~ for work** वह जिन की तरह काम करता है

demonetization *n* विमुद्रीकरण

demonetize डीमॉनिटाइज़ *vt* (सिक्के, मुद्रा, नोटों का) चलन बन्द करना

demoniac डिमोनि-ऐक *a* & *n* 1 भूतग्रस्त, भूताविष्ट, 2 पैशाचिक, दानवी, राक्षसी, शैतानी, 3 उन्मत्त, पागल, 4 फुर्तीला, जिन की तरह काम करने वाला; *n* भूतग्रस्त व्यक्ति

demoniacal डेॅम-नाइअकल *a*=prec 2, 3, 4

demonic, dae- डीमॉनिक *a* 1=demoniac *a*; 2 अमानवीय प्रतिभा या शक्ति वाला

demonism *n* भूत-प्रेत (की शक्ति) में विश्वास

demonize डीमनाइज़ *vt* पिशाच बना देना; किसी को पिशाच कहना या बताना

demonology डीमनॉल-जि *n* पिशाच-विद्या, पैशाचिकी, भूतविद्या

demonstrable डेॅमन्स्ट्र-बल *a* जो प्रमाणित या सिद्ध या प्रदर्शित किया जा सके; **demonstrably** *adv* स्पष्टतः, साफ़ [a statement demonstrably false]

demonstrate डेॅमन्स्ट्रेट *vt* & *i* 1 (भावना) व्यक्त करना, दिखाना, प्रदर्शित करना, 2 (अध्यापन में प्रयोगों, नमूनों के द्वारा) समझाना, बताना, दिखाना, जताना, 3 (तर्क द्वारा) सत्य प्रमाणित करना, सिद्ध करना, प्रतिपादित करना, प्रमाण देना, 4 (किसी के अस्तित्व का) प्रमाण होना, सबूत होना, 5 *vi* (राजनीतिक, सामाजिक) प्रदर्शन करना, प्रदर्शन में भाग लेना, जलूस निकालना [to ~ against the price rise]

demonstration डेॅमन्स्ट्रेॅशन *n* 1 (भावना का) प्रदर्शन [a ~ of love], 2 प्रमाण, सबूत, प्रतिपादन, proved to ~ स्पष्ट प्रमाणित या सिद्ध (किया हुआ), 3 सैनिक शक्ति का प्रदर्शन, 4 (जलसे, जलूस के द्वारा राजनीतिक या सामाजिक प्रश्नों पर) अपने विचारों का व्यक्तीकरण या प्रदर्शन, सभा, जलसा, जलूस आदि; to make a ~ प्रदर्शन करना, जलूस निकालना

demonstrative डिमॉन्स्ट्र-टिव *a* 1 संकेत या इशारा करने वाला, *gram* संकेतवाचक [~ adjective, pronoun], 2 सिद्ध या प्रमाणित करने

वाला, निश्चय कराने वाला, कायल करने वाला, प्रमाण-संबंधी, 3 भावनाओं को खुल्लम-खुल्ला व्यक्त करने वाला, भावनाओं का प्रदर्शन करने वाला; प्रदर्शनात्मक, a ~ person दिखावा करने वाला व्यक्ति, ~ behaviour प्रदर्शनात्मक आचरण या व्यवहार, ~ affection प्रदर्शन-भरा स्नेह; ~ly *adv* व्यक्त या प्रकट रूप से, स्पष्टत:

demonstrator डे`मन्स्ट्रेटर *n* **1** प्रदर्शन या जलूस आदि में भाग लेने वाला, प्रदर्शनकारी, **2** (in lab. etc) प्रयोग कर के दिखाने वाला

demoralization *n* **1** आचारहीनता, मर्यादाहीनता, नैतिक पतन, **2** उत्साह-भंग, मनोबल का ह्रास

demoralize डिमो`र-लाइज़ *vt* **1** आचारहीन बना देना, आचार भ्रष्ट करना, मर्यादाहीन बना देना, पतित करना, **2** (सेना आदि का) उत्साह भंग करना, हिम्मत तोड़ना, हौसला या हौसले तोड़ना, आत्म-विश्वास नष्ट करना, अबतरी फैलाना; **~d** *a* **1** आचारहीन, मर्यादाहीन, भ्रष्ट, पतित, **2** उत्साहहीन, भग्नोत्साह, जिसकी हिम्मत टूट गई हो

Demos *n* (वि० लोकतन्त्र में) जनता का प्रतिरूप, जनता की प्रतिमूर्त्ति, साक्षात् जनता

demote डीमोट *vt* पद घटाना, **demotion** डीमोशन *n* पदावनति

demur^{1} डिमर *vi* (-rr-) [to ~ **at, to**], **1** आपत्ति करना [**to ~ to a demand; to ~ at** working on national holidays], **2** *law* आपत्ति या पूर्वापत्ति करना, उज्रदारी करना

demur^{2} *n* आपत्ति, उज्रदारी, एतराज, to make no ~ आपत्ति न करना, **without ~, with no ~** बिना आपत्ति के, सहर्ष

demure डिम्युअर *a* **1** शान्त, गंभीर, शालीन [a ~ young lady], **2** शालीनता की झूठी मुद्रा धारण करने वाला, शालीनता का दिखावा करने वाला; **~ly** *adv* शालीनता से, शालीनतापूर्वक; **~ness** *n* **1** गंभीरता, गंभीर मुद्रा, **2** दिखावटी शालीनता

demurrage डि-मरिज *n* **1** (जहाज़ से या रेलवे के मालगोदाम से) माल को उठाने में विलम्ब करने पर लगने वाला जुर्माना, विलम्ब-शुल्क, डेमरेज, **2** (माल उठाने में) विलम्ब

demurrable *a* (f. demur^{1}) जिस पर आपत्ति की जा सके, आपत्तियोग्य

demurrant डि-मरन्ट *n* आपत्तिकर्ता, पूर्वापत्तिकर्ता

demurrer डि-मरर *n* कानूनी आपत्ति [to put in a ~]

demy डिमाइ *n* छपाई के कागज़ की नाप (216 × 138 mm) डिमाई (कागज़)

den डे`न *n* **1** (जंगली जानवर की) माँद, गुफा, खोह, कन्दरा, **2** चोरों-डाकुओं के छिपने की जगह, जुआरियों का अड्डा, बैठक, **3** तंग कोठरी, **4** काम करने का एकान्त कमरा

denarius डिने`अरियस *n* दीनार, प्राचीन रोमन सिक्का

denationalization *n* अराष्ट्रीकरण, विराष्ट्रीकरण

denationalize डी-नैश्नलाइज़ *vt* **1** अराष्ट्रीकरण करना, राष्ट्र की स्वतंत्र सत्ता समाप्त करना, **2** (व्यक्ति को) राष्ट्रीय अधिकारों से वंचित करना, राष्ट्रीय विशेषताओं से रहित करना, **3** संस्था या उद्योग को राष्ट्रीय नियन्त्रण से मुक्त कर के निजी क्षेत्र के अन्तर्गत करना, **विराष्ट्रीकरण करना**

denaturalization *n* (व्यक्ति का) अनागरीकरण

denaturalize डीनैच्रलाइज़ *vt* **1** स्वभाव या प्रकृति बदल देना, अस्वाभाविक या अप्राकृतिक रूप दे देना, विकृत करना; गुण बदलना, **2** (व्यक्ति को) नागरिकता से वंचित करना, **3** (अल्कोहल को) अपेय बनाना, विकृत करना

denature डीनेचर *vt* (मिलावट कर के चाय, अल्कोहल आदि के) स्वाभाविक गुण बदल देना, पीने के अयोग्य बना देना, बिगाड़ देना, विकृत करना [~d alcohol]

dendrology डे`न्ड्रो`ल-जि *n* वृक्षविज्ञान

dengue डे`ङ्गि *n* संक्रामक ज्वर जिसमें जोड़ों में दर्द होता है, तीन दिन का ज्वर, डेंग्यू ज्वर

deniable डिनाइअ-बल *a* जिससे इन्कार किया जा सके, जिसका खंडन किया जा सके, खंडनीय, प्रत्याख्येय

denial डिनायल *n* **1** (प्रार्थना, निमन्त्रण आदि का) अस्वीकार, अस्वीकृति, न मानना, I will take no ~ मैं 'ना' नहीं सुनूंगा, आपको आना ही होगा, आपको ऐसा करना ही होगा, **2** इन्कार, खंडन, प्रत्याख्यान, **3** वंचित करना, वंचित रखना, न देना [the ~ of justice], **4** = self-denial त्याग, आत्मत्याग

denigrate डे`निग्रेट *vt* **1** कालिख पोतना, **2** *fig* कलङ्कित करना, कलङ्क लगाना, नाम पर बट्टा लगाना, बदनाम करना, अपयश करना

denigration डे`निग्रेशन *n* (प्रतिष्ठित व्यक्ति की) बदनामी, अपयश

denizen डे`निज़न *n* **1** वासी, निवासी [**~s of the** heaven, **of the** forest], **2** कतिपय अधिकार-प्राप्त विदेशी, **3** अपनाया गया विदेशी शब्द, विदेश से लाकर उगाया गया पौधा, विदेश से आया हुआ पशु (जिसे स्थानीय वातावरण अनुकूल लगे)

denominate डिनो`मिनेट *vt* नाम देना या रखना

denomination डिनो`मि-नेशन *n* **1** नाम, संज्ञा, अभिधान, **2** पदनाम, पदवी, उपाधि, **3** (संख्या, मात्रा, मूल्य आदि पर आधारित) वर्ग, श्रेणी, प्रकार, कोटि, मूल्य वर्ग, **coins** of small ~s छोटे सिक्के, notes of high ~s बड़े नोट, **4** धार्मिक संप्रदाय या वर्ग, पन्थ

denominational डिनो`मि-नेश्नल *a* **1** सांप्रदायिक, संप्रदाय-विशेष के धार्मिक सिद्धान्तों पर आधारित, ~ education संप्रदाय के धर्म सिद्धान्तों पर आधारित शिक्षा, ~ school सांप्रदायिक स्कूल, **2** वर्गगत, श्रेणीगत, ~ value (मुद्रा का) अंकित मूल्य

denominator डिनॉमिनेटर *n* 1 *math* भिन्नों में रेखा के नीचे की संख्या, हर, विभाजक, 2 **common** ~ (*fig*) वर्ग के सभी सदस्यों की विशेषता ग्ग गुण

denotation डीनोटेशन *n* 1 चिन्ह, संकेत, 2 नाम, वर्ग नाम, अभिधान, प्रतीक, 3 *log* किसी शब्द या नाम से निर्दिष्ट किये जाने वाले सारे पदार्थ या व्यक्ति, निर्देश, वस्तुनिर्देश, 4 (पद या शब्द का) अर्थ

denotative डिनोट-टिव *a* 1 सूचक, सूचित करने वाला, 2 *log* केवल नाम (न कि गुण) सूचित करने वाला, अभिधानात्मक

denote डिनोट *vt* 1 सूचित करना, बताना, व्यक्त करना, दिखाना, 2 नाम होना, नाम-संकेत होना, नाम सूचित करना, 3 निर्देश होना, निर्देश करना, प्रतीक होना, 4 *log* वस्तुवाची या व्यक्तिवाची होना, 5 अर्थ या मतलब होना

denouement F. देनूमाँ, (शब्दार्थ—गांठ का खुलना) 1 समस्या का सुलझना, रहस्योद्घाटन, 2 नाटक या उपन्यास के अन्तिम भाग में सब घटनाओं का रहस्य खुलना; अन्तिम भाग जिसमें रहस्य खुलता है; निर्वहण

denounce डिनाउन्स *vt* 1 किसी के विरुद्ध सूचना देना, मुखबिरी करना [to ~ s.o. to the authorities], 2 खुल्लम-खुल्ला निन्दा या बुराई करना [to ~ s.o as a traitor], 3 to ~ a treaty etc संधि रद्द या खतम करने की सूचना या नोटिस देना; ~**ment** *n* 1 निन्दा, 2 (सन्धि) समाप्त करने का नोटिस या सूचना

de novo L डी नोवो *adv* नये सिरे से, फिर से

dense डेॅन्स *a* 1 गाढ़ा, घना, सघन [~ fog, smoke, etc], 2 अविरल, गुंजान, निबिड़ [~ crowd, forest, etc], 2 मूर्ख, मूढ़, बुद्धू, ठस; ~**ly** *adv* ठसाठस, खचाखच

denseness, density *nn* 1 घनापन, सघनता, घनत्व; गुंजानी, ~ of population आबादी की सघनता या गुंजानी, 2 *phys* गाढ़ापन, सघनता, 3 मूर्खता, मूढ़ता, बुद्धूपन

dent डेॅन्ट *n* & *vt* 1 (चोट लगने से पड़ने वाला) कुछ गहरा निशान, पिचक, दान्ता, चिब, 2 *fig* विशेष प्रभाव या असर [to make a ~ on a problem etc]; *vt* गहरा निशान डालना, पिचकाना

dental डेॅन्टल *a* & *n* 1 दान्त या दान्तों का, दन्तचिकित्सा का,~ surgeon=dentist, 2 दन्त्य, ~ letter दन्त्य वर्ण; *n* दन्त्य वर्ण

dentifrice डेॅन्टिफ्रीस *n* दान्त साफ़ करने का पाउडर आदि, दन्त मंजन, मंजन

dentist डेॅन्टिस्ट *n* दन्तचिकित्सक. दान्तों का डाक्टर , **denture** डेॅन्चर *n* (नकली) दान्त

dentition डेॅन्टिशन *n* 1 दान्त निकलना, दन्तोद्भेदन, 2 दन्तविन्यास

denudation डी-न्यूडेशन *n* (f. foll) आवरण का हटाना, अनाच्छादन

denude डिन्यूड *vt* 1 नग्न या नंगा करना,(किसी के) कपड़े उतारना, आवरण रहित करना,(a tree denuded of leaves पत्ररहित वृक्ष, वृक्ष जिसके सब पत्ते झड़ गये हों), 2 सब कुछ छीन लेना, 3 गुणों या विशेषताओं से रहित करना, 4 *geol* (चट्टान आदि पर से) मिट्टी आदि की तह हटाकर नंगा करना

denunciation डिनन्-सिएशन *n*(f. denounce)1 निन्दा, फटकार, भर्त्सना, गाली, 2 संधि रद्द करने की सूचना, (संधि का) प्रत्याख्यान, निराकरण

denunciative, denunciatory डिनन्सिय-टिव, -टरि *aa* 1 निन्दात्मक, भर्त्सनापूर्ण, फटकार-भरा, 2 (सन्धि के) प्रत्याख्यान का, प्रत्याख्यानात्मक

deny डिनाइ *vt* 1 कहना कि अमुक कथन झूठ है, कि अमुक बात नहीं है; न मानना, इन्कार करना, to ~ the charge इलज़ाम को झूठा या गलत बताना, इलज़ाम मानने से इन्कार करना, to ~ the possibility संभावना से इन्कार करना; he denies that it is so=he denies this to be the case उसका कहना है कि ऐसी बात नहीं है, वह इस बात से इन्कार करता है; **there is no denying the fact that**...इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि..., 2 मुकरना, अस्वीकार करना, न मानना, प्रत्याख्यान करना; to ~ one's word अपनी बात से मुकर जाना, to ~ God ईश्वर को न मानना, 3 न देना, देने से इन्कार करना, वंचित करना, I was denied this facility=this facility was denied me (*or* to me) मुझे इस सुविधा से वंचित रखा गया, 4 **to ~ oneself sth** किसी चीज़ का त्याग करना, परहेज़ करना

deodorant डी-ओडरन्ट *a* & *n* गन्धनाशक (पदार्थ), वि० दुर्गन्धनाशक

deodorize डी-ओडराइज़ *vt* गन्ध दूर करना, गंधरहित करना; ~**r** *n* गन्धनाशक, गन्धहर

deontology डी-ऑन्टॉल-जि *n* कर्तव्य निर्धारित करने की विद्या, कर्तव्यशास्त्र, नीतिशास्त्र

depart डिपार्ट *vt* & *i* 1 to ~ **from a place** चले जाना, रवाना होना, प्रयाण या प्रस्थान करना, 2 to ~ **from life** मर जाना, 3 to ~ **from a rule** नियम का उल्लंघन या अतिक्रमण करना, to ~ **from the printed text of the speech** छपे हुए भाषण से भिन्न बात कहना

departed *a* 1 मृत, दिवंगत [the ~ leader], 2 अतीत, जिसका अस्तित्व लुप्त हो चुका हो, ~ greatness अतीत गौरव; *n* **the departed** (*sing or pl*) दिवंगत व्यक्ति, दिवंगत लोग

department डिपार्ट्मन्ट *n* विभाग, महकमा; **department store** (सब तरह की चीज़ों की) बड़ी दुकान, महापण्यशाला; ~**al** *a* विभागीय

departure डिपार्चर *n* 1 प्रस्थान, रवानगी, कूच, विदाई, to take one's ~ विदाई लेना, विदा होना, train's ~ गाड़ी का छूटना, 2 अतिक्रमण, ~ **from a rule** नियम का अतिक्रमण या

उल्लंघन, नियम के प्रतिकूल कार्यवाही, 3 प्रवृत्ति, विचारधारा, **a new departure** नई प्रवृत्ति, नई प्रथा, नई बात, नया आविष्कार

depend डिपे ॅन्ड *vi* [**on, upon**] 1 आधारित या आश्रित होना, निर्भर होना या करना, 2 सहारा या भरोसा होना I ~ **upon** God मुझे ईश्वर का सहारा है, 3 जीविका के लिए किसी के सहारे रहना, किसी पर आश्रित होना [I ~ **upon** my pen], 4 विश्वास या यकीन होना या करना; **depend upon it** इसे सच मानो, इस बात का विश्वास करो [Gambling will ruin your life, ~ on it], 5 अनिश्चित होना, किसी बात पर निर्भर होना, **Will you come? That depends** क्या तुम आओगे? कह नहीं सकता (अर्थात् यह किसी बात पर निर्भर करता है); ~-**able** *a* विश्वासयोग्य, विश्वसनीय

dependant, -ent डिपे ॅन्डन्ट *n* 1 दूसरे के सहारे रहने वाला, आश्रित (व्यक्ति), 2 नौकर, अनुचर

dependence डिपे ॅन्डन्स *n* 1 निर्भर करना, निर्भरता, 2 आश्रय, सहारा, 3 विश्वास, भरोसा, यकीन, 4 अधीनता, पराधीनता

dependency डिपे ॅन्डन्सि *n* अधीन या पराधीन या परतन्त्र प्रदेश या देश [India has been a British ~]

dependent डिपे ॅन्डन्ट *a* 1 निर्भर; आश्रित, to be ~ **on** s.o. किसी (व्यक्ति) पर आश्रित होना, to be ~ **on** sth किसी बात पर निर्भर करना, 2 अधीन, पराधीन, परतन्त्र [a ~ country]

depict डिपिक्ट *vt* 1 चित्रण करना, चित्रित करना, to ~ a scene दृश्य का चित्र बनाना, 2 सजीव वर्णन करना, शब्दचित्र प्रस्तुत करना, ऐसा विशद वर्णन करना कि पढ़ने-सुनने वाले की आंखों के सामने चित्र-सा खिच जाये [It is difficult to ~ the plight of the refugees]; ~**ion** *n* 1 चित्रण करना, 2 विशद या सजीव वर्णन

depicture *vt* (=depict)

depilation डे ॅपिलेशन *n* **depilate** डे ॅपिलेट *vt* बाल उड़ाना, **depilatory** *a* बाल उड़ाने वाला [depilatory cream]

deplane डीप्लेन *vi* & *t* विमान से उतरना या उतारना

deplete डिप्लीट *vt* 1 खाली करना, रिक्त करना, (माल) कम करना, (माल) खतम करना, 2 रक्त-संचय कम करना, 3 संख्या कम करना [our ~d forces]

depletion डिप्लीशन *n* कम करना या होना, घटाना या घटना, खाली करना या होना

deplorable डिप्लॉर-बल *a* खेदजनक, शोचनीय, खेद का विषय, दुःख की बात, बुरा

deplore डिप्लॉर *vt* अफ़सोस करना, खेद या शोक (व्यक्त) करना, विलाप करना, to ~ s.o.'s action, ignorance, etc किसी की कार्यवाही, अज्ञानता आदि पर अफ़सोस करना, to ~ one's fate अपने भाग्य को कोसना

deploy डिप्लों ॅइ *vt* (*mil*) 1 (सेना का) विरल-विन्यास करना, (पंक्तियों में) फैलाना, 2 (इसी प्रकार शस्त्रास्त्र को) रखना [to ~ U.S. missiles in Europe], 3 प्रभावशाली उपयोग करना [to ~ arguments]

deployment *n* फैलाव, ~ of troops along the border सीमा के साथ-साथ सेना (या सैनिकों को) तैनात करना (cf. concentration)

deponent डिपोनन्ट *n* (f. depose 2) *law* (सशपथ) बयान देने वाला, अभिसाक्षी

depopulate डीपों ॅप्युलेट *vt* & *i* आबादी कम करना या कम होना [a region ~d by famine]

depopulation *n* (देश की) आबादी में कमी, जनसंख्या का घटना

deport डिपॉर्ट *vt* 1 to ~ **oneself** (वि॰ ढंग से) आचरण करना, व्यवहार करना [to ~ oneself with dignity], 2 निर्वासित करना, देश निकाला देना

deportation डीपॉर्टेशन *n* (f. deport, 2) निर्वासन, देशनिकाला

deportment *n* (f. deport, 1) (वि॰ शिष्ट) आचरण, व्यवहार, बर्ताव, चेष्टा, तौर-तरीका [She gave lessons in ~]

depose डिपोज़ *vt* & *i* 1 गद्दी से उतारना, पद से हटाना, पदच्युत करना, अपदस्थ करना, 2 (सशपथ) बयान देना, अभिसाक्ष्य देना, गवाही देना [to ~ **that one saw**..., **to ~ to having seen**...]

deposit^1 डिपों ॅज़िट *n* 1 धरोहर, अमानत, न्यास, थाती, 2 बैंक में निश्चित अवधि के लिए जमा कराई गई रकम, निक्षेप, जमा, ~ account जमा लेखा, 3 ज़मानत, पेशगी, साई, 4 तलछट, गाद, river ~s बाढ़ उतरने पर नदी-तट पर जम जाने वाली मिट्टी, रेत आदि की परत या तह, ~ of soot काजल या कालिख की तह

deposit^2 *vt* 1 धरोहर या अमानत रखना, 2 (रुपया) जमा कराना [to ~ one's savings in a bank], 3 तलछट छोड़ना, नीचे बैठाना, 4 ज़मानत या पेशगी या साई देना [to ~ 10% of the price of land]

depositary डिपों ॅज़िटरि *n* (व्यक्ति) जिसके पास धरोहर रखी जाये, न्यासधारी, तहवीलदार

deposition डे ॅप-ज़िशन *n* 1 (f. depose, 1) गद्दी से उतारना या उतारा जाना, पदच्युति, 2 (f. depose, 2) सशपथ बयान (देना), अभिसाक्ष्य, गवाही, 3 (f. deposit^2) तलछट का बैठना

depositor डिपों ॅज़िटर *n* 1 (दूसरे के यहां) धरोहर रखने वाला, न्यासकर्ता, 2 (रुपया) जमा कराने वाला, जमाकर्ता, 3 ज़मानत या पेशगी या साई देने वाला

depository डिपों ॅज़ि-टरि *n* 1 स्थान जहां कोई माल जमा करके रखा जाय, गोदाम, भंडार (also *fig*), 2 =depositary

depot डे॓पो *n* 1 *mil* भंडार, गोदाम, डीपो, 2 मंडी, भंडार, कोठी, 3 (U.S.) रेल्वे स्टेशन; बस-स्टेशन

depravation डे॓प्रवेशन *n* (f. foll) भ्रष्टता, भ्रष्ट होना

deprave डिप्रेव *vt* आचार भ्रष्ट करना, आचरण या आदतें बिगाड़ना ; ~**d** *a* नीच, अधम, दुष्ट, पतित, भ्रष्ट, पापी

depravity डिप्रैविटि *n* 1 आचार की भ्रष्टता, भ्रष्टाचार, दुराचार, चरित्रहीनता, पतित अवस्था, 2 दुष्टता

deprecate डे॓प्रिकेट *vt* (किसी बात की) निन्दा करना, बुरा समझना, विरोध करना, प्रतिकूल मत प्रकट करना [to ~ war]; **deprecation** *n* निन्दा अननुमोदन, विरोध; **deprecative**, **-tory** *aa* निन्दा-सूचक, विरोधसूचक

depreciate डि-प्रीशियेट *vt* & *i* 1 मूल्य घटाना या घटना, मूल्य कम करना या कम होना, मूल्यह्रास होना या करना, (मुद्रा का) अवमूल्यन करना, 2 *vt* निन्दा करना, तुच्छ समझना

depreciation डि-प्रीशियेशन *n* 1 अवमूल्यन, मूल्य का घटाना या घटना, 2 (यन्त्र आदि की) घिसाई या टूट-फूट, इसके लिये दी गई छूट, **depreciation charges** घिसाई या टूट फूट का खर्चा, 3 निन्दा

depreciative,-tory डिप्रीशिय-टिव, डिप्रीशियटरि *aa* 1 अवमूल्यन करने का, अवमूल्यन करने वाला, मूल्य घटाने का, 2 निन्दासूचक, निन्दात्मक

depredation डे॓प्रिडेशन *n* (usu in *pl*) 1 लूट-पाट, लूट-मार. लुण्ठन, 2 विध्वंस, तबाही, बरबादी

depredator डे॓प्रिडेटर *n* लूट-पाट या लूट-मार करने वाला, लुटेरा, तबाही मचाने वाला, विध्वंसक

depress डिप्रे॓स *vt* 1 दबाना, झुकाना, नीचा करना, 2 उदास करना, हताश करना, दिल तोड़ना, to feel ~ed जी बैठना, जी बुझना, 3 (व्यापार, बाज़ार) मन्दा करना, (मूल्य) गिराना, 4 (ज़ोर) कम करना, 5 (स्वर) धीमा करना; ~**ed area** आर्थिक दुर्दशाग्रस्त क्षेत्र; ~**ed classes** दलित वर्ग

depression डिप्रे॓शन *n* 1 दबना, झुकना, दबी हुई या नीची जगह, गड्ढा, निचान, 2 (किसी काम या कार्यवाही के) ज़ोर में कमी, (व्यापार की) मन्दी, मन्दापन, मूल्यों का गिरना, (स्वर का) धीमापन, हल्कापन, 3 उदासी, खिन्नता, निराशा, 4 हवा के दबाव में कमी, अवदाब, कम दबाव का क्षेत्र

deprivation डे॓प्रि-, डी-प्राइवेशन *n* 1 वंचित करना या किया जाना, वंचित होना [~ of one's rights], वंचन, 2 पदच्युति (वि० पादरी की)

deprive डिप्राइव *vt* 1 (अधिकार, वस्तु आदि से) वंचित करना या रखना, न देना, ले लेना, छीन लेना [to ~ s.o. of sth], 2 (पादरी को) पदच्युत करना

de profundis **L** डे-प्रफ़ुन्डिस *adv* & *n* शोकमग्न हृदय से (उठने वाली पुकार), दुःखी आत्मा की पुकार

depth डे॓प्थ *n* 1 गहराई, थाह, **to get out of one's** ~ इतने गहरे पानी में चले जाना कि पांव तल पर न लगें (और ठहरना असंभव हो जाये), बहुत गहरे पानी में चले जाना; *fig* ऐसे काम में फँसना जो अपने सामर्थ्य के बाहर हो, ऐसे विषय में उलझना जो अपनी समझ के बाहर हो, 2 दुरूहता, गहनता, 3 गंभीरता, बुद्धिमत्ता, 4 (रंग का) गहरा-पन, 5 मध्य भाग, in the ~ of winter जाड़े के मध्य में, 6 **the** ~s अथाह गर्त, रसातल, पाताल, in the ~s of despair घोर निराशा में, in the ~s of ignorance अज्ञान के अन्धकार में, घोर अज्ञान में, a cry from the ~s अन्तरात्मा की पुकार, 7 **depth-charge** समुद्र के अन्दर पनडुब्बी पर गिराने के लिए बम, जल-बम

deputation डे॓प्युटेशन *n* 1 प्रतिनिधि मंडल, शिष्टमंडल, 2 किसी की जगह पर काम करने के लिए नियुक्त करना या होना, प्रतिनियुक्ति

depute डिप्यूट *vt* 1 (काम या अधिकार) अपने प्रतिनिधि को सौंपना, (काम करने के लिए) नियुक्त करना [to ~ powers to s.o., **to** ~ **s.o. to do sth**], 2 प्रतिनिधि नियुक्त करना

deputize डे॓प्युटाइज़ *vi* to ~ **for** s.o. किसी का स्थानापन्न होना, स्थानापन्न के रूप में काम करना

deputy डे॓प्युटि *n* 1 स्थानापन्न, 2 प्रतिनिधि, शिष्टमंडल या प्रतिनिधिमंडल का सदस्य, 3 *Parl* (जनता का) प्रतिनिधि, सदस्य, Chamber of Deputies (कई देशों में) संसद् का निचला सदन, प्रतिनिधि सभा

deracinate डिरैसिनेट *n* (*liter*) जड़ से उखाड़ना, उन्मूलन करना

derail डिरेल *vt* (usu in *pass*) गाड़ी को पटरी से उतारना [the train was ~ed); ~**ment** *n* (गाड़ी का) पटरी से उतरना

derange डिरेन्ज *vt* 1 उलट-पुलट करना, क्रम भंग करना, गड़बड़ करना, अस्तव्यस्त करना, (यन्त्र आदि) बिगाड़ देना, 2 (usu in *pp*) पागल कर देना [He is mentally ~d]; ~**ment** *n* 1 गड़बड़, अव्य-वस्था, 2 ~ of mind चित्तविक्षेप, पागलपन

deration डी-रैशन *vt* राशन व्यवस्था समाप्त-करना, राशन हटाना

Derby डार्बि *n* 1 ऐप्सम (इंग्लैंड) की जगत् प्रसिद्ध वार्षिक घुड़दौड़, 2 कोई खेल-प्रतियोगिता

derelict डे॓रिलिक्ट *a* & *n* परित्यक्त; लावारिस. जिसका कोई मालिक न हो; *n* 1 परित्यक्त संपत्ति; (समुद्र में) परित्यक्त जहाज़, 2 व्यक्ति जिसका समाज में कोई स्थान न हो, समाजच्युत व्यक्ति

dereliction *n* 1 परित्याग, त्यागना, त्यागा जाना, 2 ~ **of duty** कर्तव्य पालन न करना, कर्तव्यच्युति, 3 समुद्र का (तटभूमि से) पीछे हटना

deride डिराइड *vt* 1 उपहास करना, हँसी उड़ाना, मज़ाक उड़ाना

derision डिरिश्ज़न *n* उपहास, हँसी, ठट्ठा, मज़ाक, मखौल, **to bring into** ~ उपहास का विषय बनाना; an object of ~ उपहास-पात्र

derisive डि-राइसिव *a* व्यंग्यसूचक, व्यंग्यपूर्ण, उपहासपूर्ण [~ cheers]

derisory डिराइज़रि *a* उपहासजनक, उपहासास्पद, उपहास-योग्य, अति तुच्छ [When we approached the prince for a donation, he offered a ~ sum of eleven rupees]

derivation डॅरिवेशन *n* 1 उद्गम, उद्भव, मूल, स्रोत, 2 (शब्द की) व्युत्पत्ति, निर्वचन, 3 प्राप्ति

derivative डिरिव-टिव *a* & *n* 1 व्युत्पन्न (शब्द), 2 यौगिक रसायन, यौगिक पदार्थ

derive डिराइव *vt* & *i* 1 किसी स्रोत से (सूचना, ज्ञान, विचार आदि) प्राप्त करना या प्राप्त होना, लेना, लिया जाना, आना, The idea of immortality of the soul is ~d **from** the Vedas आत्मा की अमरता का विचार वेदों से आया है, 2 (in *pass*) (शब्द का) व्युत्पन्न होना, निकलना, बनना [the English 'serpent' is ~d from the Sanskrit 'sarpa'], 3 to ~ benefit, income, pleasure, etc. **from** लाभ, आय, प्रसन्नता आदि प्राप्त करना, 4 *vi* अमुक वंश का होना, अपने आप को अमुक वंश का बताना [to ~ **from** the Solar etc. race]

derm डर्म *n* चर्म, त्वचा के नीचे की परत, नीचे की त्वचा, **~atitis** डर्म-टाइटिस *n* त्वचाशोथ, **~atologist** डर्मटॉल-जिस्ट *n* चर्मरोग-विशेषज्ञ; **~atology** डर्मटॉल-जि *n* चर्मरोग विज्ञान

derogate डॅर-गेट *vi* 1 (गुण, अधिकार आदि) कम करना, घटाना [to ~ **from** a merit, right, **from** s.o.'s authority] 2 विचलित होना [to ~ **from** correct behaviour]

derogation डॅर-गेशन *n* 1 कमी, घटाव, ह्रास, अपकर्ष, पतन, 2 अपमान, अनादर, अप्रतिष्ठा, 3 ~ **of a law** कानून की अवज्ञा या अवहेलना, ~ **from** a right अधिकार में कमी, ~ **from** dignity मान का घटना, प्रतिष्ठा में कमी, अपमान

derogatory डि-रॉग-टरि *a* 1 कम करने वाला, घटाने वाला, 2 अनादरसूचक, अपमानजनक [~ remark], 3 ~ **to** one's position or dignity शान के ख़िलाफ़, प्रतिष्ठा घटाने वाला, अप्रतिष्ठाकारक, 4 ~ **to** a right अधिकार में कमी करने वाला

desalinate डी-सैलिनेट *vt* (वि॰ समुद्रजल का) खारापन दूर करना, निर्लवण करना

desalinize *vt*, **desalt** *vt* = prec

descant¹ डॅस्कन्ट *n* (*poet*) राग, गीत

descant² डिस्कैन्ट *vi* 1 (प्रायः किसी की प्रशंसा में) विस्तार से कहना या बोलना या वर्णन करना [to ~ **on, upon,** the beauties of Kashmir], 2 गाना

descend² डिसॅन्ड *vi* & *t* 1 झुकना, उतरना, ढालू होना [the road ~s], 2 गिरना, पतित होना, **to ~ to** s.o.'s level किसी के बराबर पतित या ज़लील होना, to ~ **to** lying झूठ बोलने पर उतर आना, **to ~ to particulars** (विषय की सामान्य चर्चा के बाद) विशेष तथ्यों का सविस्तर प्रतिपादन करना, 3 झपटना, टूट पड़ना, अचानक आक्रमण करना [to ~ **on** s.o. or some place], 4 of qualities, property, privileges) वंशक्रम से प्राप्त होना, विरसे में मिलना, उत्तराधिकार में मिलना, 5 **to be ~ed from** वंशज होना, की सन्तान होना, 6 घटना, कम होना, **~ing order** अवरोही क्रम, 7 *vt* उतरना, to ~ the stairs, the hill सीढ़ियों से, पहाड़ी से, उतरना, to ~ the river नदी के साथ-साथ समुद्र की ओर जाना

descendant डिसॅन्डन्ट *n* वंशज, सन्तति, सन्तान, औलाद

descent डिसॅन्ट *n* (f. descend) 1 उतार, उतराई, ढलाव, ढलान, 2 नीचे की ओर गति, उतराई, अवरोह, 3 आकस्मिक आक्रमण, वंशक्रम, वंशानुक्रम, वंशावली, वंशपरम्परा, वंश, कुल, person of noble ~ कुलीन या अभिजात व्यक्ति, 4 पीढ़ी, 5 (संपत्ति, गुण आदि की) वंशपरम्परा से प्राप्ति, 6 **collateral** ~ सगोत्र वंशानुक्रम; **lineal** ~ पैतृक वंशानुक्रम

describe डिस्क्राइब *vt* 1 वर्णन करना, विवरण देना, बताना, बयान करना, 2 गुण या विशेषता या लक्षण बताना, हुलिया देना; **to ~ as** अमुक लक्षण या गुण वाला बताना, ऐसा-ऐसा बताना [He ~s himself as a lawyer], 3 (*geom*) to ~ a circle (i) वृत्त या दायरा खींचना या बनाना, (ii) दायरे में घूमना

description डिस्क्रिप्शन *n* 1 वर्णन, विवरण, beyond ~ वर्णनातीत, 2 (for police purposes) हुलिया, रूप, रंग-रूप, शक्ल-सूरत, **to answer to the** ~ हुलिया मिलना, 3 वर्ग, जाति, प्रकार, किस्म, तरह, No food of any ~ was available खाने की किसी तरह की कोई चीज़ नहीं मिलती थी

descriptive डिस्क्रिप्टिव *a* 1 वर्णनात्मक, विवरणात्मक, 2 वर्णन-प्रिय [~ writer]

desert¹ डि-ज़र्ट (f. deserve) *n* 1 (दण्ड अथवा पुरस्कार का) पात्र होना, योग्य होना; पात्रता, योग्यता, अर्हता, 2 (in *pl*) पुरस्कार अथवा दंड के योग्य ठहराने वाले गुण अथवा अवगुण, 3 उचित पुरस्कार अथवा दण्ड, **to get one's ~s** यथा योग्य पुरस्कार अथवा दंड पाना

desert² डॅज़र्ट *a* & *n* 1 बंजर, ऊसर, 2 निर्जन, सुनसान; उजड़ा हुआ; *n* मरु, मरुभूमि, मरुस्थल, रेगिस्तान, *fig* अरुचिकर या शुष्क या नीरस विषय या काल आदि

desert^{3} डि-ज़र्ट *vt* & *i* 1 (वस्तु, स्थान) छोड़ना, त्याग देना, (व्यक्ति का) साथ छोड़ देना, साथ न देना, (राजनीतिक दल) छोड़ देना, (दल से) अलग हो जाना, 2 (सेना से) भाग जाना, छोड़ भागना, 3 (मानसिक, शारीरिक शक्तियों का) काम न करना, जवाब दे देना, जाता रहना, His presence of mind ~ed him उसके होश-हवास उड़ गये, ~**d** सुनसान, निर्जन [the streets were deserted], परित्यक्त, खाली [a deserted hut]; ~er *n* 1 भागने वाला, भागा हुआ आदमी, भगोड़ा; **desertion** *n* 1 त्याग, पलायन, 2 परित्यक्त होना 3 परित्याग [~**ion of** one's spouse]

deserve डिज़र्व *vt* & *i* 1 (पुरस्कार या दण्ड के) योग्य होना, पात्र होना, सत्पात्र या लायक होना [to ~ a reward or punishment; to ~ to be sent to jail], **2** *vi* **to** ~ **well** (*or* **ill**) **of** s.o. किसी की ओर से अच्छे व्यवहार का अधिकारी होना (या बुरे व्यवहार के लायक होना)

deserving *a* **1** अधिकारी, पात्र, सुपात्र, हकदार, योग्य [~ **of** praise, censure, etc], **2** उचित, उपयुक्त [a ~ cause]

desiccate डे`सिकेट *vt* (दूध, फल आदि को परिरक्षित करने के लिए) सुखाना, शुष्क करना; ~**d fruit** सुखाया हुआ फल; **desiccation** *n* सुखाना, निर्जलीकरण

desiderate डिज़िड-रेट *vt* (किसी वस्तु का) अभाव खलना, बहुत चाहना, अभीष्ट होना

desiderative डिज़िड-र-टिव *a* & *n* इच्छाद्योतक; *n* क्रिया का इच्छाद्योतक (संस्कृत में सन्नन्त) रूप

desideratum L डिज़िड-रेटम *n* (*pl* **-ta**), (अप्राप्त) अभीष्ट वस्तु, आवश्यकता, ज़रूरत, माँग

design डिज़ाइन *n* **1** इरादा, विचार, योजना [I have no design to visit Europe], **2** उद्देश्य, अभिप्राय, प्रयोजन; **by** ~ सोच-विचार कर, इरादे से, सोद्देश्य, प्रयोजन से [I came here **by design**, not by accident], **3** (यन्त्र आदि की) बनत, बनावट, रचना [a machine of faulty ~], **4** नमूना, तरह, डिज़ाइन [machines of different ~s], **5** चित्र, रूप-रेखा, ढांचा, (मकान आदि का) नक्शा, **6** नक्शा आदि बनाने की कला, **7** आक्रमण का विचार, चाल, षड्यन्त्र, बुरा इरादा, हथियाने का इरादा [He **has** ~**s on your money**]

design^{2} *vt* **1** किसी वस्तु को किसी व्यक्ति के लिए अलग रखना [a stipend ~ed **for** poor students], **2** व्यक्ति को किसी काम के लिए उद्दिष्ट करना, **3** वस्तु को किसी काम के लिए बनाना या रचना [a machine ~ed **for** a special purpose], **4** (कोई काम करने का) इरादा करना, विचार करना, सोचना [He ~s an attack on our city; ~s to go abroad], **5** (यन्त्र का) नमूना या डिज़ाइन बनाना, (मकान का) नक्शा बनाना, **6** रूप-रेखा बनाना, चित्र बनाना

designate^{1} डे`ज़िग्निट *a* जो नियुक्त किया जा चुका हो पर जिसने कार्यभार न संभाला हो, मनोनीत, **governor-**~, मनोनीत राज्यपाल

designate^{2} डे`ज़िग्नेट *vt* **1** मनोनीत करना, नामज़द करना, **to** ~ s.o. **for** an office किसी को किसी पद के लिए मनोनीत करना, **to** ~ s.o. **as** one's successor किसी को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त करना, **2** नाम देना, नाम रखना, पदनाम देना, **3** नाम या लक्षण होना, **4** सूचित करना

designation डे`ज़िग्नेशन *n* **1** नियुक्ति, मनोनीत किया जाना या होना [~ **to** an office, a post, etc], **2** नाम, पदनाम, पदवी, ओहदा, उपाधि, **3** निर्देश

designer डिज़ाइनर *n* नक्शानवीस, ख़ाका तैयार करने वाला, डिज़ाइन बनाने वाला, चित्रकार

designing डिज़ाइनिंग *a* & *n* **1** षड्यन्त्र रचने वाला, षड्यन्त्रकारी, **2** चालाक, धूर्त, काँइयां; *n* डिज़ाइन बनाने की कला

desirability *n* वांछनीयता

desirable डिज़ाइअ-रबल *a* **1** वांछनीय, अभीष्ट, **2** (of property etc) लेने लायक, खरीदने लायक; **desirability** *n* वांछनीयता

desire^{1} डिज़ाइअर *n* **1** चाह, इच्छा, बांछा, कामना, अभिलाषा, लालसा, एषणा, worldly desires सांसारिक एषणाएं, **2** पदार्थ जिसकी इच्छा हो, मनोरथ, **3** (in *sing*) प्रार्थना, निवेदन, मांग [This will be supplied at your ~]

desire^{2} *vt* **1** इच्छा करना, कामना करना, चाहना [to ~ sth; to ~ to do sth; to ~ that ...], **it leaves much to be** ~**d** इस में कई त्रुटियां हैं, इस में बहुत सुधार की गुंजाइश है, **2** (*official style*) प्रार्थना करना, आज्ञा देना, to ~ s.o. to do sth किसी से कोई काम करने की प्रार्थना करना, किसी को कोई काम करने का आदेश देना, **3** मांगना, चाहना [I ~ nothing of you]

desirous डिज़ाइअ-रस *pred a* इच्छुक, अभिलाषी [~ **to do** sth; ~ **of doing sth**; ~ of success etc.; desirous **that...**]

desist डिज़िस्ट *vi* (*liter*) **1** हाथ खींचना, छोड़ देना, हटना, दूर रहना, बाज आना, **2** to ~ **from** doing sth किसी काम से बाज आना, to ~ **from** sin पाप से विरत होना

desk डे`स्क *n* **1** लिखने-पढ़ने की ढालुआं मेज, डेस्क, **2 the desk** दफ़्तर का या लिखने-पढ़ने का काम, **3** (होटल में) स्वागत कक्ष

desolate डे`स-लट *a* **1** (of place) निर्जन, सुनसान, सूना, उजाड़, वीरान, बंजर, **2** (of person) असहाय, अकेला, उदास, निराश, खिन्न, दुःखी, अभागा, बेचारा

desolate^{2} डे`स-लेट *vt* **1** (स्थान को) उजाड़ना, सुनसान बना देना, **2** आबादी को कम या खतम कर देना, बरबाद करना, तहस-नहस करना, **3**

(व्यक्ति को) दुःखी या उदास या निराश करना

desolation डे̆स-लेशन *n* (sec prec) **1** बरबाद करना, बरबादी, तबाही, **2** सुनसान होना, टूटा-फूटा होना, भग्नावस्था, खण्डर-की सी हालत; निर्जनता, सूनापन, सन्नाटा, **3** उदासी, खिन्नता, विषाद

despair डिस्पे̆अर *n* & *vi* **1** निराशा, **2** वह वस्तु जिसकी प्राप्ति की आशा न की जा सके, अत्यन्त दुर्लभ वस्तु, **3 the ∼ of** (अपनी योग्यता या अयोग्यता से किसी की) निराशा का कारण [He is the ∼ of his parents, of his rivals]; *vi* आशा छोड़ देना, उम्मीद छोड़ बैठना, निराश होना, हिम्मत हार बैठना, I don't ∼ **of** success मैं ने सफलता की आशा छोड़ नहीं दी, his life is ∼ed **of** उसके बचने की उम्मीद नहीं रही

despatch see dispatch

desperado डे̆स्प-राडो *n* (*pl* ∼es) व्यक्ति जो बिना सोचे-समझे सब कुछ करने को तैयार हो, जान पर खेल जाने वाला, अपराध करने में साहसी, दुस्साहसी

desperate डे̆स्परिट *a* **1** (of condition, situation, disease) निराशाजनक, खतरनाक, बहुत गंभीर, नाज़ुक; ∼ **disease** असाध्य रोग, **2** (of person) घोर निराशा के कारण सब कुछ करने को तैयार, ज़रा सी बात पर मरने-मारने को तैयार, **3** ∼ conflict भीषण संघर्ष या युद्ध ; ∼ **attempt** जी तोड़ कोशिश; ∼**ly** *adv* आगे कुछ सोचे बिना, जान पर खेल कर, जान की बाज़ी लगा कर, प्राण-पण से

desperation डे̆स्प-रेशन *n* घोर निराशा, ऐसी मानसिक दशा जिस में व्यक्ति सब ओर से निराश हो कर कोई भी भयङ्कर काम करने को तैयार हो जाता है [In ∼, the people rebelled against the ruler]

despicable डि̆स्पिक-बल *a* घृणित, जघन्य, निंद्य, नीच, कमीना, ज़लील, कमीनेपन का, नीचता का

despise डिस्पाइज़ *vt* **1** बुरा समझना, तुच्छ या घटिया या निकम्मा समझना, **2** घृणा या तिरस्कार या अनादर करना [Don't ∼ poor relations]

despite डिस्पाइट *n* & *prep* **1** ईर्ष्या, द्वेष, **2** अपमान, तिरस्कार; *prep* **despite of** (sth), **in despite of** (sth)=in spite of; के बावजूद, के होने पर भी, करने पर भी

despoil डिस्पॉ̆इल *vt* (*liter*) (व्यक्ति या नगर, मन्दिर आदि स्थानों को) लूटना लूट-खसोट करना, रहित करना, वंचित करना, छीनना, to ∼ s.o., some place, **of** sth; ∼**er** *n* लुटेरा, डाकू

despoliation डिस्पोलियेशन *n* लूट (see prec)

despond डिस्पॉ̆न्ड *vi* हिम्मत हारना, निराश या हताश होना; ∼**ency** डिस्पॉ̆न्डन्सि *n* **1** निराशा, उदासी, मायूसी, अवसाद, विषाद, **2** उत्साहहीनता; ∼**ent** डिस्पॉ̆न्डन्ट *n* **1** निराश, उदास, मायूस, विषण्ण, **2** उत्साहहीन

despot डे̆स्पॉ̆ट *n* **1** निरङ्कुश शासक, तानाशाह, **2** आततायी, जुल्म ढाने वाला, ज़ालिम, अत्याचारी; ∼**ic** *a* **1** निरङ्कुश, स्वेच्छाचारी, **2** आततायी, अत्याचारी, ज़ालिम

despotism डे̆स्पॉ̆टिज़्म *n* **1** निरङ्कुश शासन, निरङ्कुशता का शासन, तानाशाही, **2** निरङ्कुश शासन के अधीन देश, **3** निरङ्कुशता

dessert डि-ज़र्ट *n* भोजनोपरान्त (मेज़ साफ़ करके) परोसे जाने वाले फल और मिठाई, मीठा

destination डे̆स्टिनेशन *n* गन्तव्य स्थान, जहाँ किसी को जाना हो, मंज़िल

destine डे̆स्टिन *vt* (usu in *pass*) **1** नियत करना, बदना, निर्दिष्ट करना, विहित करना, [∼d to do sth, ∼d **for a job**], **2** बदा होना, भाग्य में लिखा होना [They were ∼d never to meet again]

destiny डे̆स्टिनि *n* **1** भाग्य, किस्मत, होनहार, भवितव्य, भवितव्यता, **2** नियति, विधि, विधाता, दैव

destitute डे̆स्टिट्यूट *a* **1** जीवन की आवश्यकताओं (भोजन, वस्त्र आदि) से रहित, कंगाल, अकिंचन, निर्धन, गरीब, **2** अनाथ, निराश्रय, बेसहारा, **3** ∼ **of** से रहित, विरहित, विहीन [∼ of sympathy etc]

destitution डे̆स्टिट्यूशन *n* निर्धनता, कंगाली [reduced to ∼]

destroy डिस्ट्रॉ̆इ *vt* **1** नष्ट करना, ध्वंस या विध्वंस करना, तबाह करना, बरबाद करना, मलियामेट करना, धूल में मिला देना; His hopes were ∼ed उसकी आशाएं धूल में मिल गईं, **2** मार डालना, खतम कर देना, to ∼ oneself आत्महत्या करना, **3** बेकार कर देना, रद्द कर देना, निष्प्रभाव कर देना

destroyer डिस्ट्रॉ̆इअर *n* **1** नाश या नष्ट करने वाला, ध्वंसक, **2** (*navy*) (*orig* Torpedo-boat ∼) पनडुब्बी-विध्वंसक जहाज, विध्वंसक

destructible डिस्ट्रक्टिबल *a* जिसे नष्ट किया जा सके, नश्वर, नाशवान्

destruction डिस्ट्रक्शन *n* **1** नष्ट करना या होना, नाश, विनाश, विध्वंस, तबाही, **2** बरबादी का कारण [Gambling will be his destruction]

destructive डिस्ट्रक्टिव *a* **1** विनाशकारी, **2** हानिकर, हानिकारक, Overwork is ∼ of health अति श्रम स्वास्थ्य के लिए हानिकर है, **2** खण्डनात्मक; ∼ **criticism** खण्डनात्मक आलोचना (जिसमें सुधार का कोई सुझाव न दिया गया हो)

destructor डिस्ट्रक्टर (also, **refuse-∼**) *n* कूड़ा जलाने की भट्टी, कूड़ा-भट्टी, विदाहक

desuetude डे̆स्विट्यूड *n* प्रयोग में न होना, लागू न रहना, अप्रचलन, a law **fallen into** ∼ कानून जिस पर अमल न हो रहा हो, अप्रचलित कानून

desultory डे॑सल्टरि *a* 1 असम्बद्ध, क्रमरहित, बेतरतीब, अनियमित, ~ **conversation** कभी किसी विषय पर और कभी किसी विषय पर होने वाली बातचीत, ~ **reading** कभी कहीं से और कभी कहीं से पढ़ना, क्रमरहित पाठ या अध्ययन

detach डिटै॑च *vt* 1 अलग करना, पृथक् करना, काटना, निकालना, छुड़ाना [to ~ a wagon from a train]; ~ed house मकान जो दायें या बायें किसी दूसरे से न जुड़ा हो, **semi-~ed** house जो केवल एक तरफ़ के मकान से जुड़ा हो, ~ed post अलग-थलग चौकी, ~ed mind, view निष्पक्ष या पक्षपातरहित मन या दृष्टिकोण, ~ed person तटस्थ या निलिप्त या अनासक्त व्यक्ति, 2 *mil & navy* (रजमण्ट या जहाज़ को) किसी खास काम के लिए भेजना या रवाना करना [Fifty men were ~ed to guard the pass]

detachment डिटै॑च्मन्ट *n* 1 अलग करना या किया जाना, पृथक्करण, पार्थक्य, विच्छिन्नता, विच्छेद, 2 अनासक्ति, निर्लिप्तता, तटस्थता, मतस्वातन्त्र्य, विचार-स्वातन्त्र्य, निष्पक्षता, 3 (सेना, नौसेना की) टुकड़ी, दल, फ़ौजी दस्ता

detail^{1} डीटेल *n* 1 ब्यौरा, तफ़सील, विवरण, विस्तार-सहित वर्णन, एक-एक बात का वर्णन, **in detail** विस्तारपूर्वक, विस्तारसहित, ब्योरेवार; **to go into detail** ब्योरेवार बताना या उल्लेख करना, 2 विवरण की एक छोटी-सी मद [Give me all the ~s. Don't omit any ~], 3 सजावट या चित्र का कोई एक अंश या तत्व, 4 *mil* दैनिक कार्यक्रम की सूचना; (सेना की) टुकड़ी, army beaten in ~ सेना जिसकी एक-एक टुकड़ी की हार हुई हो

detail^{2} *vt* 1 ब्योरा देना, ब्योरेवार बताना, विस्तारसहित उल्लेख करना, विवरण देना, 2 *mil* विशेष काम पर लगाना या भेजना [Three men were ~ed to guard the bridge]; **~ed** *a* विस्तृत, विस्तारपूर्वक, विस्तारसहित, ब्योरेवार, तफ़सीलवार, एक-एक बात का, एक-एक मद का

detain डिटेन *vt* 1 हिरासत में रखना, हवालात में रखना, नज़रबन्द करना या रखना, 2 रोकना, रोक लेना, रोक रखना, 3 (रुपया) रोक लेना, अदा न करना, 4 (छात्र को) अगली कक्षा में न चढ़ाना, फ़ेल कर देना, 5 छुट्टी होने पर छात्र को घर न जाने देना; ~ee हिरासत में रखा हुआ व्यक्ति, कैदी

detainer *n* 1 नज़रबन्दी, 2 *law* किसी व्यक्ति से किराये आदि की रकम वसूल करने के लिए उसके माल को रोक लेना, निरोध-आदेश

detect डिटे॑क्ट *vt* 1 (अपराधी का) पता लगाना, खोज लगाना, खोज करना, to ~ s.o. **in the act** किसी को अपराध करते हुए पकड़ना, 2 (किसी तथ्य या तत्त्व के) अस्तित्व का पता लगाना, ताड़ना, भांपना

detection डिटे॑क्शन *n* पता चलना, पता लगना, पता चलाना, पता लगाना, खोज, पकड़, to escape ~ पता न लगना, पकड़ में न आना

detective डिटे॑क्टिव *a & n* 1 पता लगाने में सहायक, 2 जासूसी [~ story, novel]; *n* जासूस, गुप्तचर

detente (F डेटांट, देतांत) राष्ट्रों के बीच तनाव या वैमनस्य का अन्त, तनाव-शैथिल्य, वितनाव

detention डिटे॑न्शन *n* (f. detain) 1 नज़रबन्दी, निरोध, **preventive** ~ निवारक नज़रबन्दी या निरोध, 2 रोक, अटकाव, 3 (छात्र का) स्कूल में रोक लिया जाना, 4 (छात्र का) अगली कक्षा में न चढ़ाया जाना

detenu डे॑टनू *n* नज़रबन्द, कैदी

deter डिटर *vt* (-rr-) 1 (परिणाम का भय दिखा कर काम से) निवृत्त करना, रोकना, हटाना, टालना [to ~ s.o. **from** doing sth], 2 हतोत्साह करना, nothing will ~ him कोई बात उसे हतोत्साह नहीं करेगी

detergent डिटर्जन्ट *a & n* धोने या साफ़ करने वाला (द्रव्य), शोधक, अपमार्जक, साबुन आदि

deteriorate डिटिअरिअ-रेट *vt & i* 1 (पहल से) बिगाड़ना, बिगड़ना, और खराब कर देना या खराब होना, His condition will ~ उसकी हालत और खराब हो जाएगी, 2 (जाति का) ह्रास होना, पतन होना

deterioration डिटिअरिअ-रेशन *n* 1 और बिगड़ना, अधिक खराब होना, खराबी, 2 (जाति का) उत्तरोत्तर ह्रास, अवनति, गिरावट, पतन, अपकर्ष

determinable डिटर्मिन-बल *a* (f. determine) जो निर्धारित किया जा सके, निर्धार्य; ~ quantity निर्धारित की जा सकने वाली मात्रा, परिमेय मात्रा

determinant डिटर्मिनन्ट *a & n* निर्धारण या निर्धारित करने वाला (तत्व), निर्धारक (तत्व)

determinate डिटर्मि-नट *a* निश्चित, निर्धारित, परिमित, विहित

determination डिटर्मिनेशन *n* 1 निर्धारण, ~ of boundary सीमा का निर्धारण, ~ of a date तिथि-निर्धारण, ~ of value मूल्य का (ठीक-ठीक) निर्धारित करना, मूल्यांकन, 2 निश्चय, निर्णय, अवधारण, फ़ैसला, 3 (व्यक्ति का) दृढ़ संकल्प, पक्का इरादा, 4 (अदालत द्वारा सुनाया गया) दण्ड, फ़ैसला, 5 (पट्टे, अधिकार आदि की) समाप्ति, अन्त

determinative डिटर्मि-नटिव *a & n* निश्चयात्मक, निर्धारणात्मक निर्धारक (तत्त्व)

determine डि-टर्मिन *vt* 1 तय करना निश्चित करना, निर्धारित करना, नियत करना [the demand ~s the supply], 2 फ़ैसला करना, निर्णय करना, to ~ a dispute झगड़े का फ़ैसला करना, to ~ s.o.'s fate किसी की किस्मत का फ़ैसला करना, 3 निश्चय करना, इरादा करना [**to** ~ **to do** sth, **on doing** sth, **on a course of action**], **4 to be ~ed to do sth** कोई काम करने का दृढ़ संकल्प

करना, काम करने की ठान लेना, 5 किसी के निर्णय का कारण बनना, किसी को प्रवृत्त करना [to ~ s.o. to do sth, against sth], 6 ठीक-ठाक पता करना, निर्धारित करना [to ~ the speed of light]

determined *a* 1 (of person) दृढ़-संकल्प, कृत-संकल्प, पक्के इरादे वाला, टस से मस न होने वाला, 2 निश्चयपूर्वक, दृढ़ निश्चय या संकल्प से किया हुआ [determined effort]

determinism डि–र्टमिनिज्म *n* यह सिद्धान्त कि मनुष्य संकल्प एवं कर्म करने में स्वतन्त्र नहीं है, बल्कि उसके संकल्प एवं कर्म अज्ञात शक्तियों के द्वारा निर्धारित होते हैं, नियतत्ववाद, नियतिवाद, भाग्यवाद; **determinist** *n* नियतिवादी, भाग्यवादी

deterrent डिटे॑रन्ट *a* & *n* (व्यक्ति को किसी कार्य से) रोकने वाला, निवृत्त करने वाला, निवारक. निरोधक, बाज़ रखने वाला; ~ **punishment** ऐसा दण्ड जिसे पाकर व्यक्ति स्वयं या कोई दूसरा फिर उस तरह का काम करने का साहस न करे, निवारक दण्ड; *n.* (पुनः अपराध करने से) रोकने वाली बात [This announcement will act as a ~] , **निवारक**

detest डिटे॑स्ट *vt* बहुत घृणा करना, सख़्त नफ़रत करना, बहुत बुरा समझना [I ~ flattery]; ~-**able** *a* घृणित, घृणास्पद, जघन्य , **घिनौना**

detestation डीटे॑स्टेशन *n* 1 घृणा, नफ़रत, जुगुप्सा, 2 घृणित वस्तु, घृणित या घृणास्पद व्यक्ति

dethrone डी-थ्रोन *vt* 1 गद्दी या तख़्त से उतारना 2 प्रभावहीन करना, प्रतिष्ठा ख़तम करना [to ~ religion]

detonate डे॑ट-नेट *vt* & *i* विस्फोट करना, विस्फोट होना, धमाके से उड़ाना या उड़ना, धमाके के साथ फटना, दागना, (पटाख़ा आदि) चलाना या छोड़ना; **detonation** *n* विस्फोट, विस्फोटन, धमाका

detonator *n* 1 (बम में लगा) विस्फोट करने का उपकरण, प्रस्फोटक, 2 रेल की पटरी पर रखा जाने वाला पटाख़ा जिसका फटना ड्राइवर को सूचना देता है कि आगे धुंध है, धुंध की सूचना देने वाला विस्फोटक

detour डी-टुअर *n* नियत मार्ग से हट कर जाना, चक्करदार रास्ता, चक्कर, फेर, **to make a** ~ चक्कर काटना, चक्कर काट कर जाना, *fig* मुख्य विषय को छोड़ कर अन्य विषय की चर्चा करना

detract डिट्रैक्ट *vt* & *i* घटाना, कम करना, **to detract (sth, much) from** the utility of an object किसी चीज़ की उपयोगिता में (कुछ, बहुत) कमी करना, to ~ **from** s.o.'s credit किसी की साख़ या प्रतिष्ठा घटाना; ~**ion** *n* 1 कमी, घटाव, 2 बदनामी, निन्दा, अप्रतिष्ठा; ~**or** *n* बदनाम करने वाला, निन्दा करने वाला, लांछन लगाने वाला , **निन्दक**

detrain डी-ट्रेन *vt* & *i* (सवारियों को) गाड़ी से उतारना; *vi* (सवारियों का) गाड़ी से उतरना

detriment डे॑ट्रिमन्ट *n* हानि, क्षति, नुक्सान, हर्ज, अहित, अपकार, **without** ~ **to** बिना हानि पहुंचाये, **to the** ~ **of...** जिससे किसी को या किसी बात की हानि हो [He reads in dim light to the ~ of his eyesight]

detrimental *a* हानिकारक, अहितकर, हानिकर, नुक्सान करने या पहुंचाने वाला [~ **to** national interests]

deuce^1 ड्यूस *n* 1 (Tennis) दोनों पक्षों के ४०-४० अंक होना या दोनों की जीती हुई बाज़ियों की संख्या पांच या अधिक होना जिस स्थिति में एक साथ दो पॉइन्टो या दो बाज़ियां लेने वाला पक्ष ही जीतता है, ड्यूस

deuce^2 *n* 1 शरारत, उपद्रव, खराबी, 2 शैतान; There will be the ~ to pay आगे बहुत कष्ट या परेशानी का सामना करना होगा

deuteragonist ड्यूटरैग्निस्ट *n* (नाटक आदि में) उपनायक, उपनेता

deuterium *n* भारी हाइड्रोजन (जिसका भार साधारण हाइड्रोजन से लगभग दुगना होता है)

devaluation डीवैल्युएशन *n* (दूसरे देशों की मुद्रा की तुलना में अपनी) मुद्रा का मूल्य घटाना, मुद्रा की विनिमय-दर घटाना, अवमूल्यन

devalue डीवैल्यू *vt* (see prec) मुद्रा का मूल्य घटाना [to ~ the rupee, dollar, etc]

devastate डे॑वस्टेट *vt* विध्वंस करना, तबाह करना, तहस-नहस करना, बरबाद करना, उजाड़ना, वीरान करना, **devastating** *a* (*fig*) अति प्रभावकारी, प्रबल, तीव्र, ज़बरदस्त; **devastation** डे॑वस्टेशन *n* विध्वंस, विनाश, तबाही, बरबादी

develop डिवे॑लप *vt* & *i* 1 सुप्तावस्था से सक्रियावस्था में लाना या आना, व्यक्त करना या होना, [Symptoms of consumption ~ed]; रोग लगना [The child ~ed measles], 2 अधिक पूर्ण बनाना या बनना, विकसित करना या होना [His faculties are ~ing]; (of plant etc) पनपना, पुष्ट होना, बढ़ना, 3 (विकसित होकर) बन जाना [Delhi has ~ed **into** a cosmopolitan city], 4 विकास या विस्तार करना [to ~ a theme, theory, etc], 5 **to** ~ **an area** प्रदेश या इलाके का विकास करना (अर्थात् कृषि सुधार, सड़कनिर्माण, यातायात की व्यवस्था तथा उद्योगों की स्थापना करना); **to** ~ **land** ज़मीन पर मकान, दुकानें, कारखाने आदि बनाना; to ~ natural resources अप्रयुक्त प्राकृतिक साधनों को उपयोग के लायक बनाना, विकास करना, 6 to ~ a habit, tendency, etc आदत पड़ना, प्रवृत्ति बन जाना, 7 (*photog*) (फ़ोटो-प्लेट या फ़िल्म) धोना; **developing** *a* विकासी, विकासशील , **विकासमान**

development *n* 1 विकास, उन्नति, वृद्धि सुधार, ~ **block** विकास-खण्ड, 2 विकसित

अवस्था, विकास, 3 (i) परिणाम, नतीजा; (ii) नई बात, नई घटना [We are awaiting further ~s]; ~al डिवेॅलप्मेॅन्टल *a* 1 विकाससंबंधी, 2 विकासात्मक, 3 विकास के कारण होने वाला, विकासमूलक [~al diseases]

deviate डीवियेट *vi* [**from**] मार्ग से हटना, पथ-भ्रष्ट होना, भटकना, बहकना, (सत्य से) विचलित होना, (नियम का) उल्लंघन या व्यतिक्रम करना, [to ~ from a rule etc]

deviation डीवियेशन *n* 1 (नियम का) व्यतिक्रम, (नियम की) अवहेलना [~ from a rule], 2 विचलन; *polit* सिद्धांत का व्यतिक्रम; ~ist व्यतिक्रमवादी

device डिवाइस *n* 1 युक्ति, उपाय, तदबीर, तरकीब, साधन, 2 चाल, दांव, 3 यन्त्र, कल, उपकरण, आला, 4 चित्र, आकृति, नमूना, डिज़ाइन, 5 (in *pl*) इच्छा, मर्ज़ी, सूझ-बूझ, **to leave** s.o. **to his own** ~s किसी को अकेला या बेसहारा छोड़ देना (जिससे कि वह अपनी इच्छा या सूझबूझ से जो कर सके करे)

devil^1 डेॅवल, डेॅविल *n* 1 The D~ शैतान, 2 असुर, दैत्य, दानव, 3 भूत, पिशाच, नर-पिशाच, क्रूर व्यक्ति, 4 **poor** ~ बेचारा, अभागा (व्यक्ति), 5 the ~ of greed लालच का भूत, 6 **Printer's devil** मुद्रणालय में काम सीखने वाला लड़का, 7 बड़े वकील के अधीन काम करने वाला छोटा वकील, 8 भाड़े का साहित्यिक (जिसकी रचनाओं का श्रेय दूसरे को मिले), 9 **to be between the** ~ **and the deep sea** इधर कुआं उधर खाई, दुविधा में होना, 10 **to give the** ~ **his due** अपात्र या विरोधी को उस का हक देना. 11 **to work like the** ~ जिन्न की तरह काम करना, बड़े जोश के साथ या ज़ोर-शोर से काम करना, 12 **Talk of the devil (and he will appear)**, जब किसी व्यक्ति का नाम लेते ही वह आता दिखाई दे, तब ऐसा कहा जाता है, 13 **the** ~**'s advocate** किसी व्यक्ति को ईसाई सन्त की पदवी देना विचाराधीन होने पर शैतान की ओर से उसका विरोध करने वाला, शैतान का वकील, *fig* दोष या त्रुटियां बताने वाला, दोषदर्शी, 14 **devil-may-care** *a* लापरवाह, बिना सोचे समझे साहसिक काम करने वाला; मौज उड़ाने वाला; ~**ism** आसुरी प्रवृत्ति

devil^2 *vi* (-ll-) 1 **to** ~ **for** s.o. किसी वकील अथवा साहित्यकार के सहायक के रूप में काम करना, 2 *vt* (*colloq*) तंग या परेशान करना

devilish डेॅवलिश *a* 1 शैतानी, आसुरी, पैशाचिक, दानवीय, 2 दुष्ट, क्रूर, क्रूरतापूर्ण, जघन्य

devilment *n* 1 शरारत, शैतानी हरकत, 2 विचित्र घटना

devilry डेॅवल्रि, **deviltry** डेॅविल्ट्रि *n* 1 जादू-टोना, अभिचार, 2 शरारत, शैतान का काम, शैतानी हरकत, दुस्साहस, दुष्टता, 3 उच्छृङ्खलतापूर्ण आमोद-प्रमोद या रंगरलियां

devious डीविअस *a* 1 चक्करदार, घुमावदार, वक्र, टेढ़ा-मेढ़ा [~ route], 2 कुटिल, विपथगामी, डांवांडोल, गलती करने वाला, 3 कुटिलतापूर्ण, कपटपूर्ण, बेईमानी का [~ means, ways]

devise डिवाइज़ *vt* & *n* सोच निकालना, (उपाय या तरीका) सोचना या निकालना, (युक्ति) निकालना, तरकीब (करना), (योजना) बनाना, आविष्कार करना [He has ~d a good plan], 2 वसीयत द्वारा किसी को अचल सम्पत्ति देना, किसी के नाम लिख देना, उत्तरदान करना [to ~ property to s.o.]; *n* (*law*) उत्तरदान, उत्तरदान की धारा **या कानून**

devitalize डीवाइटलाइज़ *vt* निर्बल या निर्जीव कर देना

devoid डिवॉइड *a* [**of**] रहित, विरहित [~ of sense]

devolution डीवलूशन *n* (f. foll) 1 उत्तराधिकार में जायदाद का मिलना, 2 किसी को काम या अधिकार सौंपा जाना (वि० संसद् द्वारा संसदीय समितियों को), 3 *biol* जाति का ह्रास

devolve डिवॉल्व *vt* & *i* 1 किसी पर कर्तव्य का भार डालना, किसी को काम सौंपना, 2 *vi* किसी पर कर्तव्य या काम आ पड़ना, the duty to lead the delegation ~d **upon** him शिष्टमंडल का नेतृत्व करने का भार उस पर आ पड़ा, 3 (जायदाद का) किसी को उत्तराधिकार में मिलना [The estate ~d **on** the nephew]

devote डिवोट *vt* 1 अर्पित या समर्पित करना, देना, लगाना, निमित्त करना [**to** ~ **sth to**], 2 सच्चे दिल से चाहना, भक्त होना, भक्ति करना, पूजा या आराधना करना, to ~ oneself to God ईश्वर-भक्ति करना, 3 मन लगाना, ध्यान देना, लग जाना, जुट जाना, to ~ oneself **to** work काम में लग जाना या जुट जाना, जी लगा कर काम करना; **devoted** *a* भक्त, निष्ठावान्, अनुरक्त, सच्चा, ईमानदार, a ~d friend सच्चा मित्र, वफ़ादार दोस्त

devotee डेॅव-टी *n* 1 भक्त, उपासक, आराधक, पुजारी, 2 चेला; अनुयायी, समर्थक, 3 शौकीन [~ of sport etc]

devotion डिवोशन *n* 1 लगन, श्रद्धा, भक्ति, निष्ठा, ~ **to** duty कर्तव्यनिष्ठा, ~ **to** God ईश्वरभक्ति, 3 in *pl* पूजा, आराधना, He was at his devotions वह पूजा कर रहा था, पूजा में व्यस्त था, 4 वफ़ादारी, अनुरक्ति; ~**al** डिवोशनल *a* पूजा का, भक्ति का, ~ music, भक्ति संगीत, कीर्तन

devour डिवाउअर *vt* 1 खा जाना, निगल जाना, हड़प जाना, चट कर जाना, 2 (सुन्दर व्यक्ति, सौंदर्य को) आंख भर के देखना, (कहानी को), बड़ी उत्सुकता से या बड़े चाव से सुनना, (पुस्तक को) जल्दी-जल्दी पढ़ जाना या खतम करना, 2 in *pass* मग्न होना, to be ~ed by (anxiety etc) से भरा या अभिभूत या ग्रस्त होना

devout डिवाउट *a* 1 (of person) श्रद्धालु, धर्मात्मा, धर्मपरायण, पुण्यात्मा, 2 (of act) श्रद्धापूर्ण, श्रद्धा से किया हुआ, सम्मानपूर्ण, सम्मानसूचक, 3 हार्दिक, सच्चा; ~**ly** *n* श्रद्धापूर्वक, सच्चे दिल से; ~**ness** *n* श्रद्धा, धर्मपरायणता

dew ड्यू *n* ओस, ~-**drop** ओस-कण, ओस-बिन्दु; **dewy** *a* ओस से गीला

dewlap ड्यूलैप *n* गाय आदि पशुओं के गले से लटकती हुई झालर-सी खाल, गलकंबल, सास्ना

dexterity डॅक्स्टॅरिटि *n* 1 चतुराई, दक्षता, निपुणता, कार्यकुशलता, (हाथ की) सफ़ाई, 2 दाहिने हाथ का प्रयोग, दाहिने हाथ से काम करना

dext(e)rous डॅक्स्ट्रस *a* चतुर, दक्ष, निपुण, कार्यकुशल, सिद्धहस्त

dhow डाउ *n* अरबी जहाज, अरब-सागर में चलने वाला पालयुक्त जहाज

diabetes डाइअ-बीटीज़ *a* मधुमेह, मूत्र में शक्कर आने का रोग

diabetic डाइअ-बॅटिक *a* & *n* 1 मधुमेह का, मधुमेह-संबंधी, *n* मधुमेह का रोगी

diabolic(al) डाइअ-बॉलिक(ल) *aa* 1 शैतानी, शैतान-जैसा, आसुरी, दानवी, राक्षसी [diabolical cruelty], 2 अतिक्रूर, क्रूरतापूर्ण, नृशंस, नृशंसतापूर्ण

diabolism डाइऐब-लिज़्म *n* 1 अभिचार, अभिचारकर्म, जादू-टोना, 2 राक्षसी प्रवृत्ति या स्वभाव, राक्षसी कर्म, 3 असुर-पूजा, पिशाच-पूजा; **diabolize** *vt* किसी को शैतान या राक्षस कहना या ठहराना

diacritic(al) डाइअ-क्रिटिक(ल) *aa* & *nn* भेद सूचित या प्रदर्शित करने वाला, विशेषक, ~ (**marks**) अंग्रेजी के एक ही वर्ण की विभिन्न ध्वनियों को सूचित करने वाले चिन्ह (*e.g.* cedilla, diaeresis, accent, etc), ध्वनिसूचक चिन्ह, विशेषक चिन्ह

diadem डाइअ-डॅम *n* 1 मुकुट, किरीट, ताज; फूलों या पत्तो का मुकुट, 2 सम्राट् पद

diaeresis डाइ-ऍर-सिस *n* एक साथ आने वाले दो स्वरों में से दूसरे पर लगाया जाने वाला चिन्ह (¨) जो यह सूचित करता है कि दोनों स्वरों को मिला कर नहीं, बल्कि अलग-अलग उच्चारण करना चाहिए (*e.g.* naive ना-ईव; opp synaeresis *q.v.*), स्वरविच्छेद (चिन्ह), स्वरविसंधि

diagnose डाइअग्नोज़ *vt* 1 (रोग का) निदान करना, रोग की पहचान करना, रोग निर्धारित करना, 2 (यन्त्र की खराबी के) कारण का पता लगाना

diagnosis डाइअग्नोसिस *n* 1 (रोग-)निदान, रोगनिर्णय, 2 (समस्या या स्थिति के) कारण का निर्णय

diagnostic डाइअग्-नॉस्टिक *a* & *n* 1 निदान करने में सहायक या उपयोगी, निदानकारी, 2 निदान-संबंधी, नैदानिक; *n* (रोग का) लक्षण; **diagnostician** निदानशास्त्री; ~s निदानशास्त्र

diagonal डाइऐग्नल *n* & *a* विकर्ण; *a* तिरछा, आड़ा

diagram डाइअग्रैम *n* रेखाचित्र, ख़ाका, नक्शा

dial^{1} डाइअल *n* 1 घड़ी का मुंह, डायल, **sun**-~ धूपघड़ी

dial^{2} *vt* (-ll-), to ~ a number टेलीफ़ोन का नम्बर मिलाना, (अमुक) नम्बर पर टेलीफ़ोन करना

dialect डाइअ-लॅक्ट *n* छोटे प्रदेश या वर्ग-विशेष की भाषा, उपभाषा, बोली; ~**al** *a* बोली-संबंधी, बोली का, बोलीगत

dialectic^{1} डाइअ-लॅक्टिक *n* (also ~s) तर्क द्वारा सत्यान्वेषण की विद्या, आन्वीक्षिकी, न्यायशास्त्र, तार्किक वाद-विवाद

dialectic^{2} *a* & *n* 1 तर्कसंगत, तर्क पर आधारित, 2 विवादात्मक, *n* तर्क-विशारद, न्यायपंडित, नैयायिक

dialectical *a* 1 तर्क-संगत, तर्क पर आधारित, विवादात्मक, शास्त्रार्थ-संबंधी, 2 ~ **materialism** (मार्क्स का) यह सिद्धान्त कि वर्गों में झगड़ा या द्वन्द्व उनकी भौतिक आवश्यकताओं के कारण होता है, द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद

dialectician डाइअ-लॅक्-टिशन *n* तार्किक, शास्त्रार्थ-विशारद

dialogue डाइअ-लॉग *n* कथोपकथन, वार्तालाप, बातचीत

dialysis डाइ-ऐलिसिस *n* 1 *chem* छानकर द्रव से कणों को अलग करना, 2 *med* रक्त को झिल्ली से गुज़ार कर साफ़ करना

dialyse डाइअलाइज़ *vt* (see prec); ~**r** *n* रक्त साफ़ करने के लिए गुर्दे की जगह काम करने वाला उपकरण, कृत्रिम गुर्दा

diameter डाइ-ऐमिटर *n* 1 व्यास; मोटाई, 2 लेन्स द्वारा प्रतिबिम्ब के विस्तार की इकाई, magnification of eight ~s (प्रतिबिम्ब का) आठगुना विस्तार

diametrical डाइअ-मॅट्रिकल *a* 1 व्यास का, 2 व्यास के साथ-साथ, 3 सीधा, पूर्ण, प्रत्यक्ष, ~ opposition सीधा विरोध, पूर्ण विरोध, ~ difference महान् अन्तर

diametrically *adv* पूर्णतया, बिल्कुल, our views are ~ opposed to theirs हमारे विचार उनके विचारों से एकदम भिन्न हैं

diamond डाइअ-मन्ड *n* 1 हीरा, हीरे, 2 rough ~ बिना तराशा हीरा, *fig* दयालु या गुणी व्यक्ति जो शिष्टाचार से अनभिज्ञ हो, 2 **diamond cut diamond** हीरा हीरे से कटता है; *fig* धूर्त का मुकाबला धूर्तता से ही किया जा सकता है, 4 (cards) ईंट (के पत्ते), 5 cutting ~ शीशा काटने की पैन्सिल, 6 ~-**field** हीरा-क्षेत्र, प्रदेश जहाँ हीरे की खानें हों, 7 ~ **wedding** विवाह के साठवें वर्ष का उत्सव, विवाह की हीरक जयन्ती

diaper डाइअ-पर *n* 1 चारखाना, 2 (चारखाने का या सादा) पोतड़ा

diaphanous डाइ-ऐफ़नस *a* जिसके आर-पार दिखाई दे, पारदर्शक, साफ़

diaphoretic डाइअ-फ़रें टिक *a* & *n* पसीना लाने वाली (औषध), स्वेदकारी स्वेदजनक

diaphragm डाइअ-फ़्रैम *n* छाती और पेट के बीच की झिल्ली, मध्यच्छद, डायाफ़ाम, शरीर-मध्यप्रदेश

diarchy डाइआर्कि *n* (एक ही देश में) दो स्वतंत्र सत्ताओं द्वारा शासन, द्वैध शासन, द्वितन्त्र

diarist डाइअ-रिस्ट *n* डायरी लिखने वाला, डायरी-लेखक; **diarize** *vi* & *t* डायरी (में) लिखना, डायरी में चढ़ाना

diarrhoea डाइअ-रीय· *n* अतिसार, दस्त की बीमारी

diary डाइअरि *n* डायरी, दैनिकी, रोजनामचा

diastole डाइ-ऐस्टलि *n* 1 (हृदय या धमनी का) फैलना, प्रसरण, प्रसारण, 2 systole & ~ सिकुड़ना और फैलना, आकुंचन और प्रसारण, oft. *fig* उतार-चढ़ाव

diathesis डाइ-ऐथिसिस *n* (*med*) (रोग के संबंध में) शारीरिक प्रवृत्ति

diatomic डाइअ-टॉमिक *a* (*chem*) दो परमाणुओं वाला, द्विपरमाणुक

diatribe डाइअ-ट्राइब *n* कड़ी आलोचना, भर्त्सना, फटकार, उग्र भाषण [~ **against** s.o., sth]

dibber डिबर *n* = foll

dibble डिबल *n*, *vt* & *i* बीज बोने के लिए धरती में छिद्र करने का औजार, एक प्रकार की कुदाली, खुरपा; *vt* कुदाली से (धरती) तैयार करना, धरती तैयार करके (बीज) बोना; *vi* कुदाली से छिद्र करना

dice^{1} डाइस *n pl* (see die^{1})

dice^{2} *vi* & *t* 1 चौसर या चौपड़ खेलना, 2 *vt* to dice **away** a fortune जूए में बहुत-सा धन लुटा देना या उड़ा देना, 3 चारखानेदार बनाना, रंगबिरंगा बनाना, 4 (cookery) टुकड़े करना

dicer *n* चौसर का खिलाड़ी, चौसरबाज़

dichotomy डाइकॉटमि *n* दो भागों में बटना, द्विभाजन, 2 दो भिन्न प्रकार के तत्त्वों या वर्गों में विभाजन [the ~ of truth and falsehood], 3 मतभेद, फूट

dichromatic डाइक्रमैटिक *a* दो रंगो वाला (वि० पशुओं की ऐसी जाति जिसमें दो भिन्न-भिन्न रंगों के बच्चे पैदा हों), द्विवर्णिक, द्विवर्णी

dichromic *a* दो रंगों वाला (वि० ऐसी दृष्टि या व्यक्ति जो तीन मौलिक रंगों में से दो को ही पहचान सके); द्विवर्णिक

dickens *n* (*colloq*) शैतान

dicker *vi* 1 अदला-बदली (का व्यापार) करना, 2 सौदेबाजी करना

dicky, -ey *n* (*colloq*) 1 कुरते का आगा, 2 (also **~-bird**) छोटा पक्षी, 3 ड्राइवर (के बैठने) की जगह, 4 गाड़ी के पीछे नौकर के बैठने की जगह, 5 मोटर में सामान रखने की जगह

dictaphone डिक्ट-फ़ोन *n* ध्वनि रिकार्ड करने का यन्त्र जिसमें जो कुछ बोला जाता है उसे बाद में किसी समय सुनकर लिख लिया जा सकता है, श्रुतवाचक, डिक्टाफ़ोन

dictate^{1} डिक्टेट *n* आदेश, आज्ञा, प्रेरणा, the ~s of conscience, reason, etc अन्तःकरण, बुद्धि आदि, की प्रेरणा

dictate^{2} *vt* & *i* 1 लिखवाना, लिखाना [to ~ a letter, to ~ **to** s.o.], 2 विधान करना, विहित करना, तय करना, ठहराना [to ~ the terms of peace], 3 विधान बनाना, कानून बनाना, 4 आदेश करना या देना, हुक्म चलाना, I won't be ~d **to** कोई मुझ पर हुक्म नहीं चला सकता

dictation डिक्टेशन *n* 1 श्रुतलेख, इमला, to write to s.o.'s dictation किसी के लिखाने से लिखना, 2 आदेश, आज्ञा, फ़रमान, अधिकार जताना, अधिकार-प्रदर्शन

dictator डिक्टेटर *n* निरङ्कुश शासक, तानाशाह, अधिनायक, 2 श्रुतलेख लिखाने वाला

dictatorial डिक्ट-टॉरिअल *a* 1 निरङ्कुश [~ govt]; निरङ्कुशता का, तानाशाही का, 2 हुक्म चलाने वाला; आदेशात्मक [in a ~ manner]

dictatorship *n* तानाशाही, अधिनायकतन्त्र, अधिनायकत्व, निरङ्कुश शासन

diction डिक्शन *n* 1 शब्दों का चयन और लिखने का ढंग, (साहित्यकार की) शैली, शब्दचयन, पदावली, 2 बोलने या गाने (में उच्चारण) का ढंग

dictionary डिक्शनरि *n* कोश, शब्दकोश, walking *or* living ~ अनेक विषयों का ज्ञान रखने वाला व्यक्ति, ज्ञान का भंडार

dictograph डिक्टग्राफ़ *n* एक प्रकार का यन्त्र जिसमें जो कुछ बोला जाता है वह तत्काल दूसरे कमरों में सुना जा सकता है; घरेलू टेलीफ़ोन, डिक्टोग्राफ़

dictum डिक्टम *n* (*pl* -a,-ums) 1 कहावत, उक्ति, सिद्धान्त वाक्य, सिद्धान्त, सूत्र, नियम, 2 न्यायाधीश की सम्मति (न कि निर्णय)

didactic डिडैक्टिक, डाइ-डैक्टिक *a* 1 दूसरों को उपदेश या शिक्षा देने का, उपदेशात्मक [The Panchatantra is a collection of ~ fables]; **~ism** *n* उपदेश देने की प्रवृत्ति, उपदेशवाद; उपदेशात्मकता

die^{1} डाइ *n* (*pl* 1 **dice**, 2 **dies**), 1 (*pl* dice) पासा, चौसर की गोटी, शतरंज का मोहरा, **The die is cast** दाँव खेला गया है, अटल निश्चय कर लिया गया है, **to cast the dice** पाँसा फेंकना, 2 (*pl* dies) (i) *archit* स्तंभ पाद, (ii) साँचा, ठप्पा; **~-casting** साँचे में बनाना; साँचे में बनी चीज; **~-sinker** साँचे बनाने वाला, ठप्पे बनाने वाला

die^{2} *vi* (dying) 1 मरना, मृत्यु होना, देहान्त

होना, चल बसना, शरीर छोड़ना, प्राण त्यागना, 2 (of plants etc) मुरझाना, सूख जाना, सड़ना, मरना, 3 (of custom; fame etc), मिट जाना, लुप्त होना, समाप्त होना, 4 **to die a natural death** स्वाभाविक मृत्यु होना, 5 to die **by** violence, to die a violent death कत्ल किया जाना, वध किया जाना, 6 to die a martyr to the cause किसी उद्देश्य के लिए शहीद होना, 7 **to die in harness** आखिरी दम तक काम करते रहना, 8 **to die in the last ditch** (किसी की रक्षा करते हुए) मरते दम तक लड़ते रहना, 9 **to die a dog's death** कुत्ते की मौत मरना, 10 **to die by inches** तिल तिल मरना, 11 **to be dying for sth** किसी चीज़ की बड़ी इच्छा या ज़रूरत या तलब होना [We're dying for a drink]; **to be dying to do sth** कोई काम करने को अति उत्सुक होना [He is dying to know the secret], 12 **to die hard** (of person) खूब मुकाबला करके ही जान देना; (of custom etc) मुश्किल से खतम होना या मिटना, This superstition will die hard यह अन्धविश्वास बड़ी मुश्किल से मिटेगा, 13 His secret died **with** him वह अपना रहस्य अपने साथ ले मरा, 14 (with *prepp*) **to die away** (of sound) मद्धम पड़ते जाना, धीरे-धीरे खतम हो जाना [The sound of his footsteps died away], **to ~ down** (of fire, flames, noise) धीमा होना, **to die of hunger,** disease, etc भूखों मरना, बीमारी से मरना, **to die out** समाप्त या खतम होना, लुप्त होना [Many old customs are gradually dying out]

die-hard डाइ-हार्ड *n* कट्टरपन्थी, रूढ़िवादी, हठधर्मी, पुराणपन्थी, अपरिवर्त्तनवादी

dieresis = diaeresis

diesel डीज़ल *n* 1 ~ **oil** पेट्रोलियम का भारी अंश, डीज़ल तेल, 2 ~ **(engine)** डीज़ल तेल से चलने वाला इंजन [f R. Diesel, German engineer]

diet^1 डाइ-अट *n* संसद्; राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय परिषद् या सम्मेलन; अधिवेशन

diet^2 *n* & *vt* & *i* 1 आहार, पथ्य, खुराक, 2 (व्यक्ति का) दिन-प्रतिदिन का आहार, 3 (भार बढ़ने न देने या कम करने के लिए) नियत आहार, अल्प आहार; **to be on a ~** नियत या अल्प आहार लेना; *vt* (रोगी आदि को) नियत आहार देना; *vt*, *vi* **to ~ (oneself)** नियत या अल्प आहार लेना [She is dieting (herself)], **~ary** डाइअटरि *n* & *a* 1 नियत आहार, 2 अस्पताल या जेल में (रोगी, बन्दी को) दिया जाने वाला आहार, 3 *a* आहार-विषयक, आहार का; [~ary rules]; **~etic** डाइअ-टॅटिक *a* आहार-संबंधी, आहार का; **~etics** *n* आहार-शास्त्र, आहारविज्ञान **dietitian, dietician** डाइअ-टिशन *n* आहारविद्, आहारशास्त्री

differ डिफ़र *vi* 1 to ~ **from** भिन्न होना, असमान होना, फ़र्क होना, भेद या अन्तर होना, **2 to differ with, from, s.o. (on *or* about sth)** मतभेद होना, असहमत होना, In this, I ~ from you इस विषय में मेरा आपसे मतभेद है, 3 to differ **in** opinion मतभेद होना, **4 to agree to ~** (see agree, 2)

difference डिफ़्रन्स *n* 1 भेद, अन्तर, फ़र्क, असमानता, भिन्नता, **it makes a great ~** इससे बड़ा फ़र्क पड़ता है; **it makes all the ~** इससे तो बात ही बदल जाती है, इससे तो कुछ का कुछ हो जाता है, 2 (दो राशियों का) फ़र्क, **to split the ~** (सौदा करते समय कीमत के बारे में) समझौता करना, क्रेता और विक्रेता द्वारा प्रस्तावित दामों का औसत करना, 3 in *pl* मतभेद, असहमति, झगड़ा, ~s arose among the brothers भाइयों-भाइयों में झगड़ा पैदा हो गया, **4 to make a ~ between** फ़र्क समझना, भेदभाव बरतना

different डिफ़्रन्ट *a* **[from, to]** 1 भिन्न, दूसरा, अन्य, और, अलग, [your way is ~ **to** *or* **from** mine], 2 असमान, असदृश [Delhi today is ~ **than** what it was before partition], 3 विभिन्न, भान्ति भांति के, नाना, कई [~ people told me the same thing]

differentia डिफ़रॅन्शिअ *n* (प्राणियों की) विभिन्न जातियों का परस्पर भेदसूचक लक्षण, अवच्छेदक

differential डिफ़रॅन्शल *a* 1 भेद पर आधारित, भेदसूचक, भेदात्मक, भिन्न-भिन्न, **~ tarrif, duty** भिन्न-भिन्न देशों के माल के लिए आयात-कर की भिन्न-भिन्न दर, भेदमूलक या विभेदक शुल्क, 2 विशिष्ट, विशेष, 3 **~ (gear)** गियर-तन्त्र जिससे मोड़ मुड़ते समय गाड़ी के पिछले पहिये भिन्न-भिन्न गति से घूमते हैं, डिफ़रन्शल गियर

differentiate डिफ़रॅन्शियेट *vt* & *i* 1 भेद करना, भेद सूचित करना, विशेषता बताना [to ~ one thing **from** another; to ~ **between** two things], 2 भेद मानना या बरतना [to ~ between residents and non-residents], भेद या अन्तर या फ़र्क होना, 3 भिन्न बना देना, विशेषता लाना; **differentiation** *n* 1 भेद-प्रदर्शन; भेद बरतना, 2 भिन्न हो जाना

difficult डिफ़िकल्ट *a* 1 कठिन, मुश्किल, दुष्कर, विकट, विषम, दुस्साध्य, टेढ़ा; ~ problem कठिन समस्या, person ~ of approach *or* access व्यक्ति जिसके पास पहुंचना मुश्किल हो, ~ situation विषम या विकट स्थिति, 2 दुर्बोध [a ~ passage], 3 (of person) जिसके साथ बरतना कठिन हो, ज़िद्दी, टेढ़ा

difficulty डिफ़िकल्टि *n* 1 कठिनाई, कठिनता, मुश्किल, दिक्कत, कष्ट, क्लेश, 2 आर्थिक संकट, तंगी, 3 दुर्बोधता, 4 विघ्न, बाधा, रुकावट, उलझन, अड़चन, गुत्थी, **to make difficulties** सहयोग न

करना, अड़चन पैदा करना, 5 आपत्ति, एतराज़, **to raise difficulties** आपत्ति करना [His father raised difficulties when he wanted to marry a foreigner]

diffidence डिफ़िडन्स *n* 1. आत्मविश्वास का अभाव, संकोच, झिझक, झेंप, शङ्का, सन्देह, लज्जाशीलता

diffident डिफ़िडन्ट *a* 1 जिस में आत्मविश्वास न हो, आत्मविश्वासरहित, संङ्कोची, झिझकने वाला, झेंपू, जिसे (सफलता में) संदेह हो [to be ~ **about** doing sth], 2 झेंपू, लज्जाशील

diffract डिफ़्रैक्ट *vt* (*opt*) (अपारदर्शक पदार्थ के किनारे द्वारा) प्रकाश की किरणों को इन्द्रधनुषी सात रंगों में विभाजित या विश्लेपित करना, विवर्तित करना

diffraction *n* (f. prec) प्रकाश की किरणों का (इन्द्रधनुषी रंगों में) विश्लेषण, प्रकाशविश्लेषण, विवर्तन

diffuse डिफ़्यूस *a* 1 (of light etc) फैला हुआ, विसृत, धुंधला, 2 (of style) विस्तारमय, जिसमें अनेक (प्रासंगिक एवं अप्रासंगिक) विषयों की चर्चा हो [~ writer, style]

diffuse डिफ़्यूज़ *vt* & *i* 1 (of light, heat, knowledge, rumour, etc) फैलाना, प्रसारित करना, 2 *phys* गैसों या द्रव पदार्थों को परस्पर मिलाना या उनका मिलना, मिश्रित करना या होना, परस्पर व्याप्त करना या होना, विसारित करना, विसरित होना

diffusion डिफ़्यूश्ज़न *n* 1 प्रसार, फैलना, विस्तार, [~ of knowledge], विविध विषयों की चर्चा, 2 (द्रव पदार्थों का) परस्पर मिलना, अन्योन्यव्याप्ति, विसार, विसरण [~ of gases]

dig^1 डिग *vt* & *i* 1 (dug) खोदना, कुरेदना, to ~ a grave कब्र खोदना, 2 **to ~ a pit for s.o.** (*fig*) किसी के लिए गड्ढा खोदना, किसी को फँसाने की कोशिश करना, किसी के लिए जाल बिछाना, 3 **to ~ for** information जानकारी के लिए खोज करना, to ~ **into** an author किसी लेखक के ग्रन्थों का अनुशीलन या अध्ययन करना, 4 हथियार आदि की नोक चुभोना, भोंकना, गड़ाना, to ~ one's spurs **into** one's horse घोड़े को एड़ लगाना, to ~ **s.o. in the ribs** किसी की पसलियों में उंगली गोदना, 5 **to ~ up** खोद कर निकालना, उखाड़ फेंकना, 6 (*mil*) **to ~ (oneself) in** (बचाव के लिए) खाई खोदना, खाई खोद के पड़ा रहना, 7 to ~ **out** information, a secret, etc जानकारी प्राप्त करना, रहस्य का पता लगा लेना

dig^2 *n* 1 खुदाई, 2 चुभोना, गोदना, 3 ताना, व्यंग्य, फबती, **to have a ~ at** s.o. किसी को ताना मारना, किसी पर फबती कसना [That was a ~ **at** me]

digest^1 डाइजेस्ट *n* (कानूनों का) सारसंग्रह, (ग्रन्थ का) संक्षेप, सार

digest^2 *vt* & *i* 1 (तथ्यों को) क्रमबद्ध करना, 2 (विवरण आदि का) संक्षेप करना, सार तैयार करना, 3 (बुद्धि द्वारा) ग्रहण करना, अच्छी तरह समझ लेना [to ~ what one reads], 4 (भोजन आदि) पचाना, हज़म करना, पचाने में सहायक होना [Wine ~s food]; *vi* (भोजन का) पचना, हज़म होना, 5 (जीते हुए इलाके को) आत्मसात् करना, अपने में मिला लेना, 6 (अपमान आदि) सह लेना, पी जाना; ~**ible** *a* सुपाच्य, आसानी से हज़म होने वाला

digestion डाइजेस्चन *n* 1 पचना, हज़म होना; hard, easy, of ~ मुश्किल से, आसानी से, हज़म होने वाला, 2 पाचन-शक्ति, हाज़मा [**a good, weak,** ~]

digestive डाइजेस्टिव *a* & *n* 1 पाचक, पाचन का, **the ~ system** पाचक-तन्त्र; *n* पाचक

digger डिगर *n* 1 खनक, खोदने वाला, खान खोदने वाला [gold-~], 2 खोदने का यन्त्र, खनित्र

digging *n* 1 खुदाई, 2 in *pl* ~s (*arch*) डेरा, किराये का मकान

digit डिजिट *n* 1 *math* (० से लेकर ९ तक कोई) अंक, 2 (*zool or* anat) उंगली, 3 उंगली की चौड़ाई

digital डिजिटल *a* 1 उंगली का, 2 अंक का, अंक से संबंधित; ~ **clock** अंकदर्शी घड़ी (जिसमें सुइयां नहीं होती, और समय अंकों से सूचित होता है); ~ **computer** अंकीय कंप्यूटर

dignify डिग्निफ़ाइ *vt* सम्मान या गौरव प्रदान करना, शान या इज़्ज़त बढ़ाना, ओहदा या दर्जा बढ़ाना; **dignified** *a* 1 गौरवान्वित, महिमाशाली, प्रतापी, आत्मसम्मान वाला, ऊंचे दर्जे वाला, 2 शानदार, भव्य

dignitary डिग्नि-टरि *n* उच्चपदाधिकारी, प्रतिष्ठित व्यक्ति

dignity डिग्निटि *n* 1 गौरव, महिमा, प्रताप; प्रतिष्ठा, मान, मान-मर्यादा, सम्मान, इज़्ज़त, शान, आन-बान, **beneath one's ~** मान-मर्यादा के प्रतिकूल, शान के खिलाफ़, **to stand on one's ~** सम्मान किये जाने का आग्रह करना, the ~ of labour श्रम का गौरव, 2 उच्च पद, बड़ा ओहदा या पदवी

digress डाइग्रेस *vi* 1 मार्ग से हटना, पथभ्रष्ट होना, भटकना, 2 to ~ **(from** the subject) मुख्य विषय को छोड़ कर अन्य विषय की चर्चा करना, विषयान्तर की चर्चा करना, बीच में कोई और किस्सा छेड़ देना

digression डाइग्रेशन *n* विषयान्तर की चर्चा [to make a ~]

dike, dyke डाइक *n* & *vt* 1 खाई, गढ़ा, गड्ढा, 2 नदी, नाला, 3 (बाढ़ को रोकने के लिए बनाया गया) बांध, 4 *fig* रोक, रुकावट, बाधा, बचाव का प्रबंध;

vt (बाढ़ से बचाव के लिए) बांध बनाना

dilapidated डिलैपिडेटिड *a* (of building, furniture, estate, fortune) टूटा-फूटा, जीर्ण-शीर्ण ख़स्ता (हालत में)

dilapidation डिलैपिडेशन *n* जीर्ण-शीर्ण अवस्था, ख़स्ता हालत

dilatable डाइलेट-बल *a* जो फैल सके या फैलाया जा सके, जिसका विस्तार हो सके, विस्तारणीय

dilatation डाइल-टेशन (& *irreg* **dilation**) *n* विस्तार, विस्तारण, फैलाव, वृद्धि, वर्द्धन

dilate डाइलेट *vt* & *i* 1 फैलाना, फैलना, बढ़ाना, बढ़ना, with **~d** eyes विस्फारित नेत्रों से, 2 to **~ upon** a subject किसी विषय की विस्तारपूर्वक चर्चा करना

dilatory डिल-टरि *a* (of person, action) देर करने वाला, सुस्त, ढीला, टालने वाला, टालमटोल करने वाला, विलम्बकारी; **~ motion** (*Parl*) विलंबकारी प्रस्ताव, **~ tactics** देर करने की चाल या चालें

dilemma डिलें`म: *n* 1 (*log*) दो ऐसे विकल्प जो दोनों ही समान रूप से अप्रिय हों, उभय-संकट, उभयपाश, उभयत:पाश, 2 दुविधा, दोहरी मुश्किल, कठिनाई,असमंजस, **to be in a ~, to be on the horns of a ~** दुविधा में होना, किंकर्त्तव्यविमूढ़ होना

dilettante डिलि-टैन्टि *n* (*pl* -ti) & *a* कलाप्रेमी, केवल मनोरंजनार्थ कला में रुचि लेने वाला, मनोरंजनार्थ(न कि गंभीरतापूर्वक)कला का अभ्यास करने वाला; *a* अल्प या मामूली ज्ञान रखने वाला, थोड़ा-बहुत जानने वाला, पल्लवग्राही, खेलवाड़ करने वाला, शौक रखने वाला, **~** singer शौकिया गाने वाला

dilettantish डिलिटैन्टिश *a* खेलवाड़ करने वाला, खेलवाड़-सा, अपरिपक्व, अधकचरा [~ performance]

dilettantism डिलिटैन्टिज़म *a* 1 कलाप्रेम, कलानुराग, 2 मनोरंजनार्थ कला का अभ्यास, 3 पल्लवग्राहिता

diligence डिलिजन्स *n* अध्यवसाय, लगन, निरन्तर श्रम, परिश्रमशीलता, उद्यम, उद्यमी या परिश्रमी स्वभाव

diligent डिलिजन्ट *a* उद्यमी, परिश्रमी, अध्यवसायी, परिश्रमशील, मेहनती, लगन से काम करने वाला

dilly-dally डिलि-डैलि *vi* (*colloq*) 1 डाँवाँडोल होना, 2 आवारा फिरना, मटरगश्त करना

diluent डिल्यूअन्ट *a* & *n* (f. dilute^2) (द्रव में मिलकर उसे) पतला करने वाला (पदार्थ), तनूकारक, तनूकारी

dilute^1 डाइल्यूट *a* 1 पानी मिला कर पतला किया हुआ, जलमिश्रित, पतला, 2 (of colour) फीका, हल्का, 3. (*fig.* of doctrine etc) हल्का, नरम (see foll 3)

dilute^2 *vt* 1 पानी मिला कर द्रव का गाढ़ापन कम करना, पानी मिलाना, पतला करना, 2 (रंग को) हल्का या फीका करना, 3 (सिद्धान्त आदि की) उग्रता या कठोरता कम करना, नरम करना, हल्का करना; (उत्साह) मन्द करना

dilution डाइल्यूशन *n* 1 तनूकरण, 2 मन्दीकरण

diluvial डाइल्यूवि-अल *a* 1 बाढ़ का (वि० उस बाढ़ का जिसका उल्लेख पुरानी बाइबल के सृष्टि वर्णन में आया है), प्रलयकालीन बाढ़ का, 2 *geog* आप्लावी

dim डिम *a* & *vi* & *t* 1 धुंधला, अस्पष्ट, अंधेरा, अप्रकट, 2 जो स्पष्ट देखा या सुना या समझा न जा सके, 3 हल्का, मद्धिम, मन्द (प्रकाश, अग्नि आदि), मन्द या धीमा (शब्द आदि), थोड़ा, अल्प; *vi* & *t* धुंधला होना या करना, मद्धिम होना या करना, कम होना या करना

dimension डाइमें`न्शन *n* (लंबाई, चौड़ाई, मोटाई, क्षेत्रफल, आयतन आदि की) माप, नाप, विस्तार, आयाम, विमा, **of great ~s** बहुत बड़ा, लम्बा-चौड़ा, **the three ~s** लम्बाई, चौड़ाई और मोटाई, त्रिविमा

dimensional डाइमें`न्श्नल *a* माप-संबंधी, विमीय, आयाम संबंधी, three-~ त्रिविम, त्रिविमीय

diminish डिमिनिश *vt* & *i* घटाना, घटना, कम करना, कम होना, क्षीण करना, क्षीण होना

diminution डिमिन्यूशन *n* घटना, कम होना, घटाव, कमी, क्षय, ह्रास

diminutive डि-मिन्युटिव *a* & *n* 1 किसी वस्तु का लघु रूप सूचित करने वाला (शब्द), लघुता-सूचक (शब्द), (*e.g.* पुस्तिका, booklet) 2 बहुत छोटा, अति लघु [a ~ house, horse, etc]

dimity डिमिटि *n* एक सूती कपड़ा, डोरिया

dimple डिम्पल *n* & *vt* & *i* 1 छोटा गड्ढा (वि० गालों या ठोड़ी में), गुल, 2 पानी की लहर, हिलोर, तरंग; *vt* & *i* गड्ढा बनाना या पड़ना

din डिन *n* & *vt* & *i* शोर, शोरगुल, कोलाहल; *vt* **to ~ sth into s.o.** *or* **s.o.'s ears** किसी को कोई बात बार बार सुनाना (जिससे वह तंग आ जाये), रट लगाये रहना; *vi* (of voice) कानों में गूंजना

dine डाइन *vi* & *t* 1 भोजन करना, खाना खाना, **to ~ out** (घर से) बाहर खाना खाना, 2 *vt* खाना खिलाना, All the guests will have to be **~d** सब अतिथियों को खाना खिलाना होगा, **dining-room** खाने का कमरा, भोजन-कक्ष, **dining-car** (गाड़ी में) खाने का डब्बा, भोजनयान

ding-dong डिङ्ग-डों`ङ्ग *n* & *a* & *adv* घंटे का बारी-बारी से ऊंचे और मंद स्वर से बजना (जिससे लगे कि दो भिन्न घंटे बज रहे हैं), क्रमशः तीव्र और हल्का घंटा-नाद, घंटियों का बजना, झनकार, टन-टन, *a* **ding-dong match** मैच जिस में कभी एक पक्ष और कभी दूसरा पक्ष आगे रहे (और बहुत देर तक हार-जीत का फैसला न हो); *adv* 1 कभी ऊँचा कभी

नीचा, कभी एक आगे कभी दूसरा आगे, 2 ज़ोरों से, ज़ोर-शोर से

dinghy डिङ्गि *n* 1 जहाज़ की नौका, 2 विहार-नौका, डिंगी, डोंगी

dingy डिंजि *a* अंधेरा, मैला, गन्दा

dinner डिनर *n* (मध्याह्न अथवा रात के समय किया जाने वाला) दिन का मुख्य भोजन, रात का खाना, (उत्सव पर या विशिष्ट अतिथि के सम्मान में) सहभोज, प्रीतिभोज, **~-set** अंग्रेजी ढंग से भोजन करने के पूरे बर्तन

dinosaur डाइन-सॉर *n* एक प्रकार का अजगर (जो अब लुप्त हो चुका है)

dint डिन्ट *n* (*arch*) प्रहार, चोट, **by ~ of** के बल से, के ज़ोर से, के साधन से, के द्वारा **[He succeeded by ~ of hard work]**

diocese डाइअ-सिस *n* विशप (पादरी) के अधीन इलाका, विशप-क्षेत्र

dioxide डाइ-ऑक्साइड *n* किसी तत्व के एक परमाणु और आक्सीजन के दो परमाणुओं के मेल से बना पदार्थ, डाइ-आक्साइड

dip^1 डिप *vt* & *i* 1 (पानी आदि तरल पदार्थ में) डुबाना, डुबोना, डालना, 2 झुकाना, to ~ a flag, sail, etc, झंडे, बादबान आदि को क्षणभर के लिए झुकाना, 3 मद्धिम करना [to ~ the headlights], 4 *vi* डुबकी लगाना, गोता लगाना, 5 **to ~ into one's pocket, purse, etc** जेब, बटुए आदि से पैसे निकालना, खूब खर्च करना, 6 झुकना, नीचे जाना, ढालू होना, the sun ~s below the horizon सूर्य क्षितिज के तले जाता है, डूबता है; the road dips sharply सड़क एक दम ढालू हो गई है, 7 *fig* to ~ **into the past, the future** अतीत का स्मरण करना, अतीत के विषय में अनुसंधान करना, भविष्य के विषय में कल्पना करना ; **to ~ into a book** पुस्तक को उलट-पलट के देखना, सरसरी तौर पर पढ़ना, 8 to ~ the headlights (मोटर की) आगे की बत्ती को मद्धिम करना

dip^2 *n* 1 ढलान, झुकाव, 2 **to have a ~ into a book** पुस्तक को सरसरी तौर पर पढ़ना, 3 (नदी में) डुबकी, गोता, स्नान, मज्जन [We had a ~ in the Ganges]

diphtheria डिफ़्थिअरियः *n* ज्वरसहित संक्रामक रोग जिसमें श्वासनली (वि० कण्ठ) में नकली झिल्ली बन जाती है, कण्ठरोहिणी, रोहिणी

diphthong डिफ़्थोङ्ग *n* 1 साथ-साथ आने वाले दो स्वर जिनका उच्चारण एक स्वर की तरह हो (*e.g.* ea in feat), संयुक्त स्वर, संधि-स्वर, द्विस्वर (*e.g.* ए, ऐ, ओ, औ), 2 दो स्वरों का संयुक्त उच्चारण (*e.g.* in coin, loud)

diploma डिप्लोमः *n* 1 सरकारी कागज़, सरकारी दस्तावेज़, 2 (विश्वविद्यालय आदि का) प्रमाणपत्र, उपाधि(-पत्र), सनद, डिग्री; **diploma'd, diplomaed** *aa* उपाधि-प्राप्त

diplomacy डिप्लोम-सि *n* 1 अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में कुशलता, राजनय, 2 (निजी मामलों में) नीतिनिपुणता, चतुराई, चालाकी, हिकमत

diplomat, diplomatist डिप्लमैट, डिप्लोम-टिस्ट *nn* 1 राजनयज्ञ, कूटनीतिज्ञ, 2 एक देश का दूसरे देश में राजनीतिक प्रतिनिधि, दूत, राजनयिक, 3 अन्तर्राष्ट्रीय व्यवहार या बातचीत में कुशल व्यक्ति, चतुर या चालाक व्यक्ति

diplomatic डिप्लमैटिक *a* 1 राजनय संबंधी, राजनयिक, कूटनीतिक, 2 अन्तर्राष्ट्रीय बातचीत संबंधी, अन्तर्राष्ट्रीय बातचीत में कुशल, व्यवहार-कुशल, 3 (of statements, dealings, persons) कूटनीतिक, चालबाज़, कपटी, कपटपूर्ण, छलपूर्ण, 4 **~ body, ~ corps** एक देश में स्थित दूसरे देशों के राजनयिक प्रतिनिधि (राजदूत तथा अन्य अधिकारी), राजनयिक मंडल; **~ immunity** राजनयिक उन्मुक्ति, राजनयिकों को दी जाने वाली रियायत या छूट

diplomatize डिप्लोम-टाइज़ *vi* 1 राजनयिक के रूप में या राजनयिक-पद पर काम करना, 2 राजनयिकों की सी चालें चलना, राजनयिक कुशलता बरतना, कूटनीति का प्रयोग करना

dipper डिपर *n* 1 बच्चों को बपतिस्मा देने वाला, 2 एक प्रकार की करछी, डोई, 3 *astron* **The (Great) Dipper** सप्तर्षि, 4 मोटर-कार की बत्तियां मद्धिम करने का उपकरण, डिपर

dipsomania डिप्समेनियः *n* शराब पीने की अदम्य इच्छा, शराब की तलब

dire डाइअर *a* 1 बहुत बुरा, भयानक, भयङ्कर, भीषण, घोर, दारुण [~ distress], 2 अत्यन्त, सख़्त [in ~ need of sth]

direct^1 डाइ-, डि-रॅक्ट *vt* 1 (पत्र आदि किसी के) पते पर भेजना [to ~ a letter **to** s.o., **to** s.c.'s address], 2 संबोधित करना, these remarks were not ~ed **to** you ये शब्द आपको संबोधित नहीं (किये गये) थे, 3 आदेश देना, आज्ञा देना [to ~ s.o. **to do** sth, to ~ sth **to be done**, to ~ that...], **I am ~ed to say that...** मुझे यह कहने का आदेश हुआ है कि..., 4 संचालन करना [A commander ~s the troops], 5 की ओर जाना, भेजना, आकर्षित करना, to ~ s.o.'s attention **to or towards sth** किसी का ध्यान किसी बात की ओर आकर्षित करना या दिलाना, 6 पथप्रदर्शन करना, रास्ता बताना, to ~ s.o. **to** the station स्टेशन का रास्ता बताना; I ~ed my steps to the station मैं स्टेशन की ओर चल पड़ा, 7 *fig* पथप्रदर्शित करना, प्रेरित करना, Duty ~s all my actions मेरे सब काम कर्तव्य-भावना से प्रेरित होते हैं

direct^2 *a* & *adv* 1 सीधा, प्रत्यक्ष, the ~ road सीधा मार्ग, **the ~ cause** प्रत्यक्ष कारण, 2 **~ action** सरकार से कोई बात मनवाने के लिए संसद् के

माध्यम से कार्यवाही करने के बजाय हड़ताल, प्रदर्शन आदि से दबाव डालना, सीधी कार्यवाही, अमली कार्यवाही, आन्दोलन, 3 ~ **descendant** अनुलोम वंशज, 4 ~ opposite, contrary एक दम विरुद्ध, बिल्कुल विरुद्ध, 5 स्पष्ट, जो द्व्यर्थक या संदिग्ध या गोलमोल न हो, (of person) स्पष्टवादी, साफ़-दिल, 6 *other comb*: ~ hit, shot सीधी चोट, सीधा या ठीक निशाना; ~ **current** (D.C.) एक ही दिशा में जाने वाली विद्युत् धारा, दिष्ट धारा; ~ election प्रत्यक्ष चुनाव, ~ **method** शिष्य की अपनी भाषा के प्रयोग के बिना विदेशी भाषा सिखाना; ~ **proportion** अनुलोम अनुपात, ~ **speech** वक्ता के अपने शब्द, ~ **tax** कर जो सीधे करदाता पर लगे, प्रत्यक्ष कर (*e.g.* income tax); *adv* सीधे, Go direct, to Delhi, to the Principal सीधे दिल्ली जाओ, सीधे प्रिंसीपल के पास जाओ

direction डाइ-, डि-रेॅक्शन *n* 1 आदेश, निदेश, आज्ञा, हुक्म, प्रेरणा, (usu in *pl*) हिदायत, 2 संचालन, प्रबन्ध, प्रशासन, देखरेख; मार्गदर्शन, 3 (पत्र आदि पर) पता, 4 दिशा, ओर, तरफ़; ~**-finder** रेडियो-तरङ्गों के आने की दिशा का पता लगाने का यन्त्र, दिशा-निर्धारक, 5 विषय, बात, मामला, क्षेत्र, दिशा, improvement in many ~s कई विषयों या बातो या क्षेत्रों में सुधार; ~**al** *a* 1 आदेशात्मक, 2 दिशात्मक, दिशा का

directive डाइ-, डि-रेॅक्टिव *n* & *a* 1 आदेश, निदेश, निर्देश, हिदायत, निदेश-पत्र, आदेश-पत्र; *a* निदेशात्मक, निदेशक; मार्गदर्शक, निर्देशक [~ principles of the State policy]

directly डाइ-, डि-रेॅक्ट्लि *adv* & *conj* सीधे, प्रत्यक्षतः, बिल्कुल [he lives ~ opposite the church बिल्कुल सामने; I am not ~ concerned मेरा इससे सीधा संबंध नहीं है]; तुरन्त, अविलम्ब [The doctor came ~]; *conj* (*colloq*) = as soon as, ज्यों ही... त्यों ही, [I went home ~ I got the message]

director डाइ-, डि-, रेॅक्टर *n* संचालक, निदेशक, निर्देशक, board of directors संचालक-मण्डल, निदेशक-मण्डल, D~-General महानिदेशक; ~-ship निदेशकत्व

directorate 1 निदेशालय, संचालक या निदेशक का कार्यालय, 2 संचालक-मंडल, ~-general महानिदेशालय

directory^1 डाइ-, डि-रेॅक्टरि *a* निदेशात्मक, परामर्शदाता

directory^2 *n* नगर-विशेष के लोगों के नामों और उनके टेलीफ़ोन-नम्बरों आदि की सूची, टेलीफोन-विवरणिका, (व्यवसाय-विशेष से संबंधित व्यक्तियों की) सूची या विवरणिका; निर्देशिका

direful *a* भयङ्कर, भीषण

dirge डर्ज *n* 1 मृतक को दफनाने के समय का गीत, मृतक की स्मृति में गाया जाने वाला गीत, शोक गीत, 2 विलाप, रोना-पीटना

dirigible डिरिज-बल *n* & *a* गुब्बारा या वायुपोत (जिसका धरती पर से परिचालन किया जा सके)

dirt डर्ट 1 मिट्टी, धूल, गर्द, कीचड़, मैल, गन्दगी, कूड़ा, ~ cheap बहुत सस्ता, मिट्टी के मोल, to treat s.o. like ~ निरादर करना, तुच्छ समझना, 2 धरती, ज़मीन, 3 गाली-गलौज, **to fling ~ at s.o.** किसी को बदनाम करना, 4 **to eat ~** अपमान सह लेना, 5 ~**-eating** मिट्टी खाने की बीमारी

dirty^1 डर्टि *a* 1 गन्दा, गन्दला, मैला, मैला-कुचैला, मलिन, दूषित, 2 कमीना, घृणित, जघन्य, कुत्सित, अश्लील; ~ mind अश्लील विचारों से भरा मन, 3 *comb*: ~ money गन्दा काम करने वालों को दिया गया रुपया, गन्दे काम का पैसा; ~ **trick** घृणित या नीच काम; ~ word अश्लील शब्द; ~ **work** अपमानजनक या गन्दा या अवैध काम

dirty^2 *vt* & *i* गन्दा करना या होना [Don't ~ your hands]

disability डिस-बिलि-टि *n* 1 व्यक्ति को काम से रोकने या काम के अयोग्य बनाने वाली बात, अयोग्यता, अनर्हता, 2 अशक्तता, असमर्थता, **physical ~** विकलांगता, अपंगता, 3 कठिनाई, बंधन [Women are still suffering from many disabilities]

disable डिसेबल *vt* 1 अयोग्य या अनर्ह या अनधिकारी बनाना, 2 अशक्त या असमर्थ कर देना [to ~ s.o., **from** doing sth, **for work**], मना कर देना, 3 विकलांग करना, अपंग करना, लूला-लंगड़ा कर देना, बेकार या निकम्मा कर देना; ~**ment** अपंगता, विकलांगता

disabled *a* 1 विकलांग, अपंग, लूला-लंगड़ा, अपाहिज, ~ **soldier** अपंग या विकलांग सैनिक, 2 नाकारा, निकम्मा, क्षतिग्रस्त, ~ engine नाकारा इंजन, 3 *law* अयोग्य ठहराया हुआ, मना किया हुआ, निर्योग्य

disabuse *vt* भ्रम दूर करना, भ्रम मिटाना, भ्रम या भ्रान्ति का निवारण करना, गलतफ़हमी दूर करना, आंखें खोल देना [to ~ s.o., s.o.'s mind; to ~ s.o. **of** false notions etc]

disaccord डिस-कॉर्ड *n* & *vi* 1 मतभेद (होना), झगड़ा (होना), 2 भेद (होना), अन्तर (होना)

disadvantage डिसड्-वान्टिज *n* 1 प्रतिकूल या अननुकूल स्थिति, 2 असुविधा, कठिनाई, 3 हानि, क्षति, अहित; प्रतिष्ठा की हानि, बदनामी; ~**d** *a* प्रगति की सामान्य सुविधाओं से वंचित, सुविधावंचित

disadvantageous डिसैड्वन्टेजस *n* 1 हानिकर, अहितकर, अलाभकारी, असुविधाजनक, 2 अपमानजनक, अप्रतिष्ठाकारक

disaffected डिस-फ़ॅक्टिड *a* 1 द्रोही (वि० राजद्रोही), गद्दार, अराजभक्त, अपरक्त, 2 असन्तुष्ट

disaffection डिस-फ़ॅक्शन *n* (राजनीतिक) असन्तोष, राजद्रोह (की भावना), (राजा के प्रति)

उदासीनता, ग़द्दारी

disagree डिसग्री *vi* 1 **to ~ with** मतभेद होना, मत भेद रखना, असहमत होना, विचार या राय न मिलना [I ~ with you, with your views]; विरोध होना, झगड़ना, न पटना, भिन्न होना, असदृश होना, मेल न खाना [to ~ **with** sth], 3 (of food, climate etc) अनुकूल न होना, माफ़िक न होना [Wine ~s **with** him], अरुचिकर होना; **~ment** 1 असहमति, मतभेद, 2 भिन्नता; अननुकूलता; तनिक झगड़ा

disagreeable *a* & *n* अरुचिकर, अप्रिय, कटुस्वभाव, कर्कश-स्वभाव, बदमिज़ाज; *n* (in *pl*) कटु अनुभव, कष्ट, तकलीफ़ें, चिन्ताएं, परेशानियां

disallow डिस-लाउ *vt* अनुमति न देना, इजाज़त न देना, अस्वीकार करना, मना कर देना, निषेध करना, न मानना

disappear डिस-पियर *vi* 1 अदृश्य होना, अन्तर्धान होना [Having destroyed Kama, Shiva ~ed], तिरोभूत होना, आँखों से ओझल होना, नजर न आना, छिप जाना, 2 लापता होना, चंपत होना, ग़ायब होना, फरार होना, भाग जाना [to ~ **from** a place], 3 मिटना, मिट जाना, लोप होना, लुप्त होना [The footprints have ~ed]

disappoint *vt* 1 (इच्छा या आशा) पूरी न करना [to ~ s.o.'s expectations etc], 2 निराश करना; आशाओं पर पानी फेरना, 3 वादा पूरा न करना [Don't ~ him]; **~ed** *a* निराश, हताश [~ **at** failure]; असन्तुष्ट [~ **with** what I got]; असफल [~ **in** love]; **to be agreeably ~ed** यह जान कर प्रसन्न होना कि डरने का कोई कारण न था, कि हम यों ही डरते रहे; **~ing** *a* निराशाजनक; **~ment** *n* 1 निराशा, मायूसी, नाउम्मीदी, 2 असफलता, नाकामी [**~ment in love**]

disapprobation डिसँप्र-बेशन *n* 1 नापसंदगी, पसन्द न करना, अच्छा न समझना, 2 अस्वीकृति, अननुमोदन, नामंजूरी, असहमति

disapproval डिस-प्रूवल *n* 1 अस्वीकृति, अननुमोदन, नामंज़ूरी असहमति, 2 नापसंदगी

disapprove डिस-प्रूव *vt* & *i* 1 नापसंद करना, अच्छा न समझना [I ~ (**of**) your conduct], 2 अस्वीकार करना, नामंज़ूर करना, रद्द करना, अनुमोदन न करना

disarm डिसार्म *vi* & *t* 1 (of nations) सेनाएं कम करना, सैनिक व्यवस्था भंग करना, निःशस्त्रीकरण करना [The Great Powers are not prepared to ~], 2 *vt* निःशस्त्र या निरस्त्र करना, हथियार रखवा लेना, हथियार छीन लेना [the prisoner was ~ed], 3 निकम्मा या बेकार कर देना (जिससे कि हानि न पहुंचा सके), शक्तिहीन कर देना, 4 विरोध शान्त करना, शङ्काएं दूर करना [By admitting that he was not a scholar, he ~ed his critics]; **~ament** डिसार्म-मन्ट *n* निःशस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण

disarrange डिस-रेन्ज *vt* 1 क्रम भंग करना, अस्तव्यस्त करना, उलट-पुलट करना, गड़बड़ करना, अव्यवस्थित करना, 2 विघटित करना, तोड़ देना; **~ment** *n* 1 क्रमभंग, अस्तव्यस्तता, अव्यवस्था, गड़बड़, 2 विघटन

disarray डिस-रे *n* & *vt* क्रमभंग, अव्यवस्था, गहरी हार, भगदड़ [the enemy forces were in complete ~]; *vt* 1 हरा देना, भगदड़ मचा देना, 2 क्रमभंग करना, अस्तव्यस्त करना (see disarrange)

disaster डिज़ास्टर *n* 1 (भूचाल, बाढ़, अग्निकाण्ड, दुर्घटना आदि) घोर विपत्ति, तबाही, बरबादी, विनाश, मुसीबत, अनर्थ; ~ **area** क्षेत्र जहां हाल में ऐसी तबाही हुई हो, तबाही-क्षेत्र, 2 दुर्भाग्य

disastrous डिज़ास्ट्रस *a* तबाही मचाने वाला, विनाशकारी, अनर्थकारी [~ fire, floods, etc] दुर्भाग्यपूर्ण, बहुत बुरा [~ policy], भयङ्कर, दारुण

disavow डिस-वाउ *vt* यह कहना कि मैं नहीं जानता, मुकरना, इन्कार करना, न मानना, प्रत्याख्यान करना; **~al** डिस-वाउल *n* मुकरना, इन्कार, अस्वीकृति, प्रत्याख्यान

disband डिस्बैन्ड *vt* & *i* 1 (of troops) विघटित करना या होना, तितर-बितर करना या होना, बरख़ास्त करना, 2 (of organisation etc) भंग करना, तोड़ना, विघटन करना; **~ment** *n* (सेना आदि का) विघटन

disbelief डिस्बिलीफ़ *n* अविश्वास

disbelieve डिस्बिलीव *vt* 1 (किसी व्यक्ति या कथन में) विश्वास न करना, न मानना, 2 धर्म या ईश्वर में विश्वास न रखना, नास्तिक होना, 3 आस्था या श्रद्धा न रखना या न होना; **~r** *n* 1 नास्तिक, 2 विश्वास न करने वाला, अविश्वासी

disburden डिस्बर्डन *vt* 1 बोझा उतारना, 2 **to ~ one's mind of a secret** रहस्य कह कर मन का बोझ हल्का करना, 3 to ~ one's thoughts अपने विचार प्रकट करना या कह देना

disburse डिस्बर्स *vt* 1 खर्च करना, व्यय करना, [to ~ money], 2 अदा करना, भुगतान करना [to ~ the cost]; वितरण करना, बाँटना; **~ment** *n* 1 खर्च, व्यय, 2 अदायगी, भुगतान, वितरण

disc (See disk)

discard डिस्कार्ड *vt* 1 (of habit, belief, idea, theory) छोड़ देना, हटा देना, ताक पर रखना, अमान्य करना, (of clothes) उतार कर रख देना, उतार फेंकना, 2 (व्यक्ति को) बरखास्त करना, निकाल देना, अलग कर देना, छंटाई करना

discern डिसर्न *vt* 1 इन्द्रियों या मन द्वारा स्पष्ट ग्रहण करना, देखना, अनुभव करना, महसूस करना, समझना, जान लेना, भांपना, ताड़ना, गहराई में जाना; **~ible** डिसर्न-बल *a* जो इन्द्रियों या मन द्वारा स्पष्ट ग्रहण किया जा सके, इन्द्रियगोचर, जो

देखा या सुना या अनुभव किया जा सके, जो समझ में आ सके; ~**ibly** *adv* स्पष्टतः; ~**ing** *a* सूक्ष्मदर्शी, गहराई में जाने वाला, दूरदर्शी, विवेकी, विवेकशील, विवेकपूर्ण; ~ing intellect सूक्ष्म या पैनी बुद्धि; ~**ment** *n* **1** इन्द्रियों या मन द्वारा स्पष्ट ग्रहण, **2** सूक्ष्म दृष्टि, सूक्ष्म बुद्धि, अन्तर्दृष्टि, विवेक

discharge^1 डिस्चार्ज *vt* & *i* **1** (नौकरी से) अलग करना, हटाना, बरखास्त करना [to ~ s.o. **from** service], **2** (कैदी को) रिहा करना, छोड़ना, मुक्त करना, (मुलज़िम को) बरी करना, **3** (रोगी को अस्पताल से) छुट्टी देना, **4** (सैनिक को) सेवा-मुक्त करना, **5** to ~ one's duty कर्तव्य-पालन करना या पूरा करना या निभाना, **6**(बन्दूक) छोड़ना, दागना, **7** (of vehicle) सवारियां उतारना, **8** (of ship) माल उतारना, **9** to ~ a debt ऋण चुकाना, **10** (फोड़े से) मवाद निकालना या निकलना, **11** (of river, *refl* or *vi*) The river ~s into a lake नदी झील में गिरती है

discharge^2 *n* **1** बरख़ास्तगी, मौकूफ़ी, नौकरी से हटाया जाना, **2** रिहाई, बरी किया जाना, रिहाई का सार्टिफिकेट, बरी होने का सार्टिफ़िकेट, **3**(सैनिक की) सेवा-मुक्ति, to take one's ~ सैनिक-सेवा से अलग हो जाना, **4** ~ of one's duty(*or* duties)कर्तव्य पालन, **5** ~ of a debt ऋण की अदायगी, **6** (बन्दूक आदि का) छोड़ा जाना, छूटना, दगना, a ~ of arrows तीरों की बौछाड़, **7** ~ of goods माल की उतराई

disciple डिसाइपल *n* **1** शिष्य, अन्तेवासी, चेला, शागिर्द, **2** (किसी महात्मा का) अनुयायी, ईसा मसीह के साथ रहने वाले 12 अनुयायियों में से कोई एक

disciplinarian डिसिप्लिनेंअरिअन *n* (शिष्यों आदि को) अनुशासन में रखने वाला, अनुशासन-प्रिय, अनुशासक, अनुशास्ता

disciplinary डिसिप्लिनरि *a* **1** अनुशासन-संबंधी, अनुशासन (बनाये रखने) का, दण्ड देने का, दण्डात्मक, **to take ~ action** अनुशासन की या अनुशासनिक कार्यवाही करना, दंड देना

discipline^1 डिसिप्लिन *n* **1** अनुशासन, मर्यादा (का पालन), (सदाचार के) नियम, संयम, नियन्त्रण, व्यवस्था, **to enforce~** अनुशासन का पालन कराना, **2** शिक्षा, (मानसिक) अभ्यास; विद्या या शिक्षा की शाखा [the ~s of chemistry and physics], **3** दंड, **4** *eccl* तप, तपस्या

discipline^2 *vt* **1** अनुशासन में रखना, नियन्त्रण में रखना, **2** मर्यादा का पालन करना सिखाना, नियम से रहना सिखाना, अभ्यास कराना, सिखाना, शिक्षा देना, **3** दंड देना

disclaim डिस्क्लेम *vt* **1** दावा छोड़ देना, अधिकार छोड़ देना, **2** मुकरना, अस्वीकार करना, न मानना, इन्कार करना, to ~ authorship of a book किसी ग्रन्थ का लेखक होने से इन्कार करना, ग्रन्थ को अपनी रचना न मानना

disclaimer *n* **1** मुकरना, अस्वीकृति, इन्कार, खंडन, प्रत्याख्यान, **2** परित्याग, अधिकार-त्याग

disclose डिस्क्लोज़ *vt* प्रकट करना, खोलना, प्रकाश में लाना, ज़ाहिर करना, बताना [to ~ one's name], रहस्योद्घाटन करना [to ~ a secret]

disclosure डिस्क्लोश्ज़र *n* **1** प्रकटीकरण, **2** प्रकट की गई बात , रहस्योद्घाटन

discolour डिस्कलर *vt* रंग बिगाड़ना, धब्बे डालना

discomfit डिस्कम्फ़िट *vt* घबरा देना, चकरा देना, परेशान करना; **discomfiture** डिस्कम्फ़िचर *n* घबराहट, परेशानी

discomfort डिस्कम्फ़र्ट *n* & *vt* **1** कष्ट, तकलीफ़, असुविधा, **2** बेचैनी, घबराहट; *vt* कष्ट देना या पहुंचाना, बेचैन करना, अशान्त करना

discommode डिस्कमोड *vt* कष्ट पहुंचाना, असुविधा पैदा करना

discompose डिस्कम्पोज़ *vt* अशान्त करना, क्षुब्ध करना, घबरा देना; **discomposure** डिस्कम्पोश्ज़र *n* अशान्ति, क्षोभ, घबराहट, व्याकुलता

disconcert डिस्कन्सर्ट *vt* **1**(योजना, व्यवस्था को) गड़बड़ कर देना, अस्तव्यस्त कर देना, (काम में) विघ्न पैदा करना [to ~ s.o.'s plans etc), **2** (व्यक्ति को) अशांत करना, परेशान करना, घबरा देना

disconnect डिस्कनेंक्ट *vt* अलग करना, संबंध तोड़ना, काटना, to ~ a telephone line टेलीफोन काट देना [to ~ sth **from** sth]; **disconnected** *a* (भाषण, लेख आदि) जो सुसंबद्ध या सुसंगत न हो, असंबद्ध, अंडबंड, अनर्गल, असंगत, बेमेल

disconnection, -xion *n* काटना, काटा जाना, संबंध-विच्छेद; वियोजन; संबंध न होना या रहना, संबंध का अभाव

disconsolate डिस्कोंन्सलिट *a* उदास, निराश, खिन्न, जिसका दिल बुझ गया हो, जिसका धैर्य्य जाता रहा हो, शोकमग्न, दुःखी

discontent डिस्कन्टेंन्ट *n* & *vt* **1** असन्तोष, अशांति, बेचैनी, **2** असन्तोष का कारण, शिकायत, (*vt* usu in *pp*)असन्तुष्ट करना; ~**ed** असन्तुष्ट; ~**ment** *n* असन्तोष

discontinuance डिस्कन्टिन्युअन्स *n* विच्छेद, विराम, बन्द करना या होना , समाप्ति

discontinue डिस्कन्टिन्यू *vt* & *i* **1** (काम आदि) रोक देना, बन्द करना, बन्द होना, ठप करना, ठप होना, **2** to ~ a practice, habit, etc प्रथा ख़त्म करना, आदत छोड़ना; to ~ a newspaper अखबार लेना बन्द कर देना, [to ~ doing sth], **3** सिलसिला तोड़ देना, क्रम भंग करना, विच्छिन्न करना

discontinuity डिस्कन्टिन्युइटि *n* विच्छिन्नता, विच्छेद, असांतत्य, रुक-रुक कर होना, बीच-बीच में व्यवधान होना, बीच-बीच में अन्तर या अन्तराल होना

discontinuous डिस्कन्टिन्युअस *a* विच्छिन्न, असतत, सव्यवधान, सान्तर, सान्तराल

discord डिस्कॉर्ड *n* 1 मतभेद; झगड़ा, कलह, फूट, अनबन, वैमनस्य, 2 कर्कश स्वर या ध्वनि, 3 बेमेल स्वर, बेसुरापन; **~ance** *n* 1 बेसुरापन, 2 बेमेलपन, विसंवाद; **~ant** *a* 1 बेसुरा, 2 बेमेल, भिन्न-भिन्न [discordant opinions]

discount^{1} डिस्काउन्ट *n* 1 छूट, कटौती, मितीकाटा, बट्टा, दस्तूरी, दलाली, 2 **to sell at a ~** अंकित मूल्य या असल कीमत से कम पर बेचना, सस्ता बेचना, घाटे से बेचना; (*fig*) **at a ~** जिसकी मांग या कद्र न हो, Honesty is at a ~ ईमानदारी की कद्र नहीं है, 3 (अतिशयोक्ति के कारण किसी कथन या समाचार में) पूरी तरह विश्वास न होना

discount^{2} *vt* 1 to ~ a bill बिल या हुंडी भुनाना, समय से पहले हुंडी का भुगतान करना, बिल या हुंडी से बट्टा काटना, कमीशन काटना, 2 घटाना, कम करना, 3 to ~ s.o.'s opinion किसी की राय को महत्त्व न देना, 4 to ~ a statement, the news, etc बयान, समाचार आदि पर पूरी तरह विश्वास न करना, 5 to ~ a theory सिद्धान्त को ठीक न मानना, अमान्य ठहराना

discountenance डिस्काउन्टिनन्स *vt* 1 समर्थन न करना, अनुमोदन न करना, नापसंदगी जाहिर करना, विरोध करना [to ~ a plan]

discourage डिस्करिज *vt* 1 उत्साह भंग करना, हतोत्साह करना, हिम्मत तोड़ना, दिल तोड़ना, 2 **to ~ s.o. from doing sth** किसी को कोई काम करने से रोकना, मना करना, हटाना, 3 to ~ an idea, plan, etc नापसंदगी ज़ाहिर करना, विरोध करना; **~ment** *n* उत्साह भंग (करना या होना)

discourse^{1} डिस्कॉर्स *n* 1 प्रवचन, उपदेश, व्याख्यान [~s on the Gita], 2 निबन्ध, खोजपूर्ण लेख, 3 *arch* बातचीत

discourse^{2} *vi* प्रवचन करना, व्याख्यान देना [to ~ upon a subject]

discourteous डिस्कर्टिअस *a* अशिष्ट, असभ्य, दुर्विनीत, गंवार, उजड्ड

discourtesy डिस्कर्टसि *n* अशिष्टता, अभद्रता, रुखाई

discover डिस्कवर *vt* 1 ढूंढना, खोजना, खोज निकालना, पता लगाना [Columbus ~ed America]; मालूम करना, पता चलना, एकाएक ख्याल आना, 2 *arch* प्रकट करना, बताना

discovery डिस्कवरि *n* 1 खोज, आविष्कार, ईजाद, 2 पता लगना, पता चलना, भेद खुलना, 3 जिस चीज़ का पता चला हो, नवज्ञात तथ्य

discredit^{1} डिस्क्रेडिट *n* 1 अपकीर्ति, अपयश, बदनामी, अपयश का विषय, बदनामी की बात, **to reflect ~ upon** s.o. किसी के लिए अपयश का विषय या बदनामी की बात होना, 2 अविश्वसनीयता, सन्दिग्धता, to throw ~ upon a statement किसी ब्यान को अविश्वसनीय या सन्दिग्ध बना देना, 3 *commerc* साख उठ जाना

discredit^{2} *vt* 1 विश्वास न करना, सन्देह करना, [to ~ a rumour, report, etc], 2 (व्यक्ति को) अविश्वसनीय सिद्ध करना, सन्देहास्पद बनाना, 3 *commerc* साख खत्म करना

discreditable डिस्क्रेडिट-बल *a* 1 अपयशकारी, अपयश का विषय, शान के खिलाफ़, लज्जाजनक [~ conduct], 2 बदनाम

discreet डिस्क्रीट *a* 1 (of person) विवेकशील, विवेकी, समझदार, आगा-पीछा सोचने वाला, सोच समझ कर काम करने वाला, समझदार, दूरदर्शी, सावधान, सतर्क, 2 (of act) विवेकपूर्ण, दूरदर्शिता का, समझदारी का; **~ly** विवेकपूर्वक

discrepancy डिस्क्रेपन्सि *n* भेद, भिन्नता, अन्तर, फ़र्क, असंगति, मेल न खाना [There is a ~ between the two stories]

discrepant डिस्क्रेपन्ट *a* भिन्न, असंगत, विसंवादी, मेल न खाने वाला [~ stories, accounts, etc]

discrete डिस्क्रीट *a* 1 पृथक्, अलग, जो किसी से जुड़ा हुआ न हो, जिसका दूसरों से भेद किया जा सके, विच्छिन्न, अवच्छिन्न, असतत, 2 अलग-अलग अवयवों से बना हुआ, 3 *metaphys* भावात्मक, अमूर्त

discretion डिस्क्रेशन *n* (f. discreet) 1 विवेक, बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता, समझ, समझ-बूझ, समझदारी, *Prov:* D~ is the better part of valour ख़ामख़ाह खतरे में पड़ना बुद्धिमत्ता नहीं है, 2 अपनी मर्ज़ी से निश्चय करने की स्वतन्त्रता, it is within your ~ इस विषय में आप जैसे चाहें कर सकते हैं, to leave sth to s.o.'s ~ कोई बात किसी की इच्छा पर छोड़ देना; **~ary** *a* अपनी समझ या इच्छा पर आधारित, स्वविवेकाधीन

discriminate डिस्क्रिमिनेट *vt & i* 1 भेद करना, भेद या अन्तर या फ़र्क जानना या समझना [to ~ one thing **from** another; to ~ **between** two things], 2 भेद बरतना, भेदभाव रखना, पक्षपात करना, to ~ in favour of s.o. किसी के साथ रियायत या पक्षपात करना, to ~ **against** s.o. किसी के साथ सख्ती करना, 3 समझ या विवेक रखना

discriminating *a* 1 विवेकशील, समझदार, सूक्ष्मदर्शी, सूक्ष्मग्राही, 2 भेद बरतने वाला, भेदमूलक, ~ **duty**=differential duty (see differential)

discrimination डिस्क्रिमिनेशन *n* 1 विवेक, समझदारी, बुद्धिमत्ता, सूक्ष्म बुद्धि, 2 भेद, भेदभाव, फ़र्क [racial ~], किसी के साथ रियायत और किसी के साथ सख़्ती (करना), पक्षपात, तरफ़दारी; **discriminatory** *a*=discriminating 2

discursive डिस्कर्सिव *a* 1 (of writing, style, writer, etc) जो सुसंगत न हो, कभी किसी विषय और कभी किसी विषय की चर्चा करने वाला, असम्बद्ध, विशृंखल, 2 तर्क या दलील या बुद्धि पर

आधारित (न कि अन्तर्ज्ञान या अन्तर्दृष्टि पर), *log* निगमन पर आधारित, निगमनात्मक

discus डिस्कस *n* चक्र, *sport* डिस्कस

discuss डिस्-कस *vt* **1** तर्क-वितर्क करना, वाद-विवाद करना, बहस करना, **2** विचार या सोचविचार करना, विवेचन करना [to ~ a question **with** s.o.], **3** बातचीत करना, चर्चा करना

discussion डिस्कशन *n* **1** तर्क-वितर्क, वाद-विवाद, शास्त्रार्थ, बहस, **2** विचार-विमर्श, विवेचन, विवेचना; question **under** ~ विचाराधीन प्रश्न, **3** बातचीत, चर्चा

disdain डिस्डेन *n* & *vt* घृणा, नफ़रत, अवज्ञा, तिरस्कार; *vt* to ~ **to do, to** ~ **doing, sth** किसी काम से घृणा या नफ़रत करना, कोई काम करना अपनी शान के खिलाफ़ समझना; **~ful** *a* **1** घृणा या अवज्ञा करने वाला, नकचढ़ा, **2** घृणित, निन्दनीय; **~fully** *adv* घृणापूर्वक, तिरस्कारपूर्वक

disease डिज़ीज़ *n* **1** रोग, व्याधि, बीमारी, मर्ज़, **2** विकार, दोष, **diseased** *a* रोगी, रुग्ण, रोगग्रस्त, व्याधिग्रस्त, बीमार, अस्वस्थ, (of thg) दूषित

disembargo *vt* रोक या प्रतिबन्ध हटाना

disembark डिसिम्बार्क *vt* & *i* (जहाज आदि से) उतारना, उतरना; **~ation** *n* (माल या यात्री का) उतरना या उतारना

disembarrass डिसिम्बैरस *vt* **1** घबराहट या परेशानी दूर करना, **2** छुटकारा दिलाना, (उलझन से) निकालना, (झंझट से) छुड़ाना [to ~ s.o., oneself, **of** a responsibility etc]

disembody डिसिम्बॉडि *vt* **1** शरीर से अलग करना, शरीर-रहित करना; disembodied spirit अशरीरी जीव, प्रेत, भूत

disembogue डिसिम्बोग *vi* & *t* **1** (of river etc) गिरना, **2** *vt* गिराना, *fig* उगलना

disembowel *vt* (-ll-) अंतड़ियां निकालना

disembroil डिसिम्ब्रॉइल *vt* सुलझाना

disenchant डिसिन्चान्ट *vt* आकर्षण समाप्त करना, जादू के प्रभाव से मुक्त करना, भ्रम या गलतफ़हमी दूर करना, आँखें खोल देना, असलियत बताना [We are ~ed **with** the new leader]; **~ment** *n* आकर्षण समाप्त होना, भ्रम या गलतफहमी का दूर होना, असलियत का पता लगना

disencumber डिसिन्कम्बर *vt* भार या बोझ से मुक्त करना, ऋण-मुक्त करना, (ज़मीन को) रेहन से छुड़ाना

disengage डिसिङ्गेज *vt* & *i* **1** अलग करना, छुड़ाना, ढीला करना, to ~ troops लड़ाई ख़त्म करना, विरोधी सेनाओं को अलग-अलग करना, **2** *vi* अलग होना, संपर्क टूटना, संपर्क न रहना; **~d** *a* **1** जो व्यस्त न हो, ख़ाली, **2** जो वचनबद्ध न हो; **~ment** *n* **1** अलग होना, विलगाव, **2** बन्धनमुक्ति, **3** अवकाश, फ़ुरसत, **4** सगाई का छूटना

disentail डिसिन्टेल *vt*(*law*) भूसंपदा को उत्तराधिकार के नियत क्रम से मुक्त करना (see entail)

disentangle डिसिन्टैङ्गल *vt* & *i* **1** [**from**] उलझन से निकालना, कठिन परिस्थिति से उबारना, (फंदे से) छुड़ाना, **2** (उलझी हुई चीज़ को) सुलझाना, (गाँठ या रस्सी को) खोलना, **3** *vi* उलझन या जटिलता दूर होना, छूटना, निकलना; **~ment** *n* **1** मुक्ति; रिहाई, **2** सुलझाव

disenthral डिसिन्थ्रॉल *vt* बन्धन-मुक्त करना, दासता से मुक्त करना; **~ment** बन्धन-मुक्ति; दासता से मुक्ति

disentomb डिसिन्टूम *vt* **1** कब्र से निकालना, **2** ज़मीन खोद कर निकालना

disfavour डिस्फ़ेवर *n* & *vt* **1** घृणा, नफ़रत, नापसन्दगी, अरुचि, **to fall into, to be in,** ~ कृपापात्र न रहना, अच्छा न समझा जाना, पसन्द न किया जाना, to incur s.o.'s ~ किसी का कोपभाजन बनना; *vt* घृणा करना, अच्छा न समझना, नापसन्द करना

disfigure डिस्फ़िगर *vt* रूप बिगाड़ना, सौन्दर्य नष्ट करना, कुरूप बनाना, विकृत करना, खराब करना; **~ment** *n* रूपविकृति, विरूपकरण, विरूपण

disforest डिस्फ़ॉरिस्ट *vt* (किसी इलाके से) जंगल काटना, जंगल साफ़ करना

disfranchise डिस्फ़्रैन्चाइज़ *vt* **1** (व्यक्ति को) नागरिक अधिकारों से वंचित करना, मताधिकार से वंचित करना, **2** (नगर या क्षेत्र को) विधान सभा या संसद् में प्रतिनिधित्व (के अधिकार) से वंचित करना; **~ment** *n* मताधिकार-हरण

disgorge डिस्गॉर्ज *vt* & *i* **1** उल्टी करना, उगलना, **2** *fig* चुराया हुआ माल उगलना या लौटाना, **3** *vi* (of river) (झील या समुद्र में) गिरना

disgrace^1 डिस्ग्रेस *n* **1** अपमान, बेइज़्ज़ती, हतक, **2** अपयश, अपकीर्ति, बदनामी, कलंक, to be a ~ to one's family कुलकलङ्क होना, to bring ~ **on** one's family खानदान को बदनाम करना, **3** पदच्युति, सम्मान के पद से हटाया जाना, कृपापात्र न रहना [**to be in** ~], **4** लज्जा या शर्म की बात; **~ful** *a* अपमानजनक, बदनामी का, लज्जाजनक

disgrace^2 *vt* **1** अपमानित करना, बदनाम करना, नाम को बट्टा लगाना, कलंकित करना [He ~ed his family name], **2** पदच्युत करना, कृपापात्र न रहने देना

disgruntled डिस्ग्रन्टल्ड *a* **1** असन्तुष्ट, **2** चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज

disguise^1 डिस्गाइज़ *vt* **1** to ~ oneself भेस बनाना, भेस बदलना, **2** पर्दा डालना, छिपाना [to ~ one's feelings, intention, opinion]; **~ment** *n* वेश-परिवर्तन; छिपाव, दुराव

disguise^2 *n* **1** भेस, छद्मवेश, छिपा रूप, **a blessing in disguise** छिपा वरदान, **2** छिपाव, दुराव [He made no ~ of his grief]

disgust^1 डिस्गस्ट *n* [**at** sth, **with** s.o.] घृणा, नफ़रत, अरुचि, ग्लानि, जुगुप्सा, विरक्ति, असन्तोष, खीज, ऊब, बेज़ारी, **in** ~ खीझ कर, तंग आकर

disgust^2 *vt* उबाना, उकताना, खिजाना, अरुचि पैदा करना, निराश करना, **to be ~ed with, at, by** ऊबना, जी भर जाना

disgustful *a* 1= foll; 2 घृणाजन्य, a ~ curiosity घृणाजन्य कौतूहल

disgusting *a* जिसे देखकर घृणा उत्पन्न हो, घृणित, ग्लानिजनक

dish^1 डिश *n* 1 थाली, रकाबी, तश्तरी, प्लेट, 2 थाली में परोसा हुआ भोजन, सब्जी-भाजी, मांस आदि, भोज्य, 3 standing ~ वह सब्जी-भाजी जो प्रतिदिन खाने को मिले, प्रतिदिन का भोज्य, 4 dainty ~ सुस्वादु भोजन, हलुआ आदि

dish^2 *vt* 1 परोसना, भोजन आदि प्रस्तुत करना, 2 *fig* to ~ **up** facts, arguments, etc तथ्य, दलीलें, आदि सुचारु या आकर्षक रूप में प्रस्तुत करना; (*colloq*) to ~ one's opponents विरोधियों को चकमा देना या मात देना

dishabille डिस-बील *n* ढीले-ढ़ाले वस्त्र पहने हुए होना जिनसे शरीर ठीक तरह न ढका जाये; **in** ~ (usu of woman) अल्पवस्त्रावृत

disharmony डिस्हार्मनि *n* 1 अनबन, झगड़ा, 2 असामंजस्य, समन्वय का अभाव, 3 बेमेल स्वर, बेसुरापन, विस्वरता

dishearten डिस्हार्टन *vt* निराश या हताश करना, हिम्मत तोड़ना, दिल तोड़ना; उत्साह भंग करना

dishevelled डिशेॅवल्ड *a* 1 (of hair) खुले या बिखरे हुए, 2 (of person) गन्दा, मैला-कुचैला

dishonest डिस्-ऑॅनिस्ट *a* बेईमान, धोखेबाज़, झूठा, खोटा

dishonesty डिस्-ऑॅनिस्टि *n* बेईमानी, छल-कपट, धोखा, फरेब

dishonour^1 डिस्-ऑॅनर *n* 1 अपमान, अनादर, बेइज़्ज़ती, 2 अपयश, बदनामी, कलङ्क (का टीका), अपयश या बदनामी की बात, to bring ~ **on** one's family खानदान के नाम को बट्टा लगाना, 3 (चैक या हुंडी का) नकारना, न सकारना

dishonour^2 *vt* 1 अपमान करना, अनादर करना, 2 बदनाम करना, 3 सतीत्व भंग करना, इज्ज़त उतारना, 4 (चैक या हुंडी) अस्वीकार करना, नकारना

dishonourable डिस्-ऑॅनर-बल *a* 1 (of action) अपमानजनक, लज्जाजनक, बदनामी का, 2 (of person) नीच, कमीना

disillusion डिसि-लूश्ज़न *n* & *vt* भ्रम या भ्रांति का दूर होना, मोह का दूर होना, आंखे खुलना; *vt* भ्रम या भ्रांति दूर करना, मोह दूर करना, गलतफ़हमी दूर करना, आंखें खोल देना; **~ment** *n* भ्रमनिवारण

disincentive डिसिन्सेॅन्टिव *a* & *n* काम (वि० उत्पादन की) प्रेरणा या उत्साह कम करने वाला (क़दम), विप्रेरक

disinclination डिसिन्क्लिनेशन *n* अनिच्छा, अरुचि, अनभिरुचि, अप्रवृत्ति, विमुखता [to show a ~ **to do sth, for** work etc]

disincline डिसिन्क्लाइन *vt* अनिच्छा या अरुचि पैदा करना, दिल या जी फेरना, **to be ~d (to do sth, for sth)** अनिच्छा या अरुचि होना, अच्छा न लगना

disinfect डिसिन्फ़ेॅक्ट *vt* रोगाणु नष्ट करना, रोगाणुरहित करना; **~ant** *a* & *n* रोगाणुनाशक; **~ion** डिसिन्फ़ेॅक्शन *n* रोगाणु नष्ट करना या नष्ट होना, रोगाणुनाश, रोगाणुनाशन

disinherit डिसिन्हेॅरिट *vt* उत्तराधिकार से वंचित करना, दाय से वंचित करना; **~ance** *n* उत्तराधिकार या दाय से वंचित होना या वंचित किया जाना, दायवंचन

disintegrate डिसिन्टिग्रेट *vt* & *i* विघटित करना या होना, छिन्न-भिन्न या खंड-खंड या टुकड़े-टुकड़े करना या होना, तत्वों को पृथक्-पृथक् करना, नष्ट करना; **disintegration** *n* विघटन, वियोजन, नाश

disinter डिसिन्टर *vt* (गड़ी हुई चीज़ को) खोद कर निकालना; **~ment** *n* निकालना या निकाला जाना

disinterest डिसिन्ट्रस्ट *vt* & *n* 1 रुचि दूर करना या हटाना, 2 to ~ oneself रुचि लेना छोड़ देना, (esp in diplomacy: हस्तक्षेप करने का विचार छोड़ देना); *n* रुचि या दिलचस्पी का अभाव, तटस्थता

disinterested डिसिन्ट्रस्टिड *a* निष्काम, नि:स्वार्थ, निष्पक्ष, पक्षपात-रहित, तटस्थ, बेलाग; **~ness** *n* निष्कामभाव, निष्कामता, अनासक्ति, नि:स्वार्थता, निष्पक्षता, तटस्थता

disjoin डिस्जॉॅइन *vt* अलग करना, पृथक् करना, विच्छिन्न करना, वियुक्त करना, तोड़ना

disjoint डिस्जॉॅइन्ट *vt* (हड्डी का) जोड़ उखाड़ना, जोड़ तोड़ना, टुकड़े-टुकड़े करना, 2 (यन्त्र आदि को) गड़बड़ करना, बिगाड़ना, 3 संबंध तोड़ना, सिलसिला तोड़ना, क्रम भंग करना; **~ed** *a* 1 गड़बड़, ख़राब, अव्यवस्थित, 2 (of talk) असम्बद्ध, अनर्गल (see discursive, desultory)

disjunction डिस्जङ्क्शन *n* पृथक्करण, वियोजन, विच्छेद

disjunctive डिस्जङ्क्टिव *a* & *n* 1 पृथक् करने वाला, विच्छेदात्मक, 2 (*log*, *gram*) जिसमें विकल्प पाया जाये, विकल्पात्मक, विकल्पसूचक, वैकल्पिक; *n* 1 वैकल्पिक तर्कवाक्य (*e.g.* Either he or she will go), 2 *gram* वैकल्पिक संयोजक (*e.g.* or, either... or)

disk, disc डिस्क *n* (थाली की तरह) चपटी गोलाकार, वस्तु, मंडल, moon's, sun's, ~ चन्द्रमंडल, सूर्यमंडल, (gramophone) disc ग्रामोफ़ोन रिकार्ड

dislike^{1} डिस्लाइक *n* 1 [of, for], अरुचि, नफरत, घृणा, चिढ़ [He has a ~ of, for, beggars], **to take a ~ to s.o.** किसी से घृणा हो जाना, 2 बात या वस्तु जिससे घृणा हो, **likes and ~s** जो चीजें किसी को अच्छी या बुरी लगती हों, पसंद और नापसन्द बातें

dislike^{2} *vt* नफ़रत या घृणा करना, नापसन्द करना, अच्छा न लगना, बुरा लगना, बुरा समझना

dislocate डिस्लकेट *vt* 1 (of bone, limb, etc) अपने स्थान ने हटाना, जोड़ उखाड़ना, अलग करना, 2 (of machinery, affairs) बिगाड़ देना, गड़बड़ करना, खराब करना, 3 (प्रबन्ध) अव्यवस्थित करना, to ~ traffic यातायात ठप करना

dislocation डिस्लकेशन *n* रुकावट, रुकना, ~ of work काम का रुक जाना, ठप हो जाना

dislodge डिस्लॉज *vt* 1 स्थान से हटाना, निकालना, निकाल फेंकना, निकाल बाहर करना, उखाड़ना, several bricks became ~d कई ईंटे उखड़ गईं, 2 to ~ an enemy **from** a position शत्रु को मोर्चे से खदेड़ देना; **~ment** *n* उखाड़ना; निष्कासन, बहिष्करण

disloyal डिस्लॉइअल *a* 1 विश्वासघाती, बेवफ़ा [~ **to** s.o.], 2 द्रोही, स्वामीद्रोही, राजद्रोही, देशद्रोही, ग़द्दार; **~ty** *n* 1 विश्वासघात, बेवफ़ाई, 2 द्रोह, राजद्रोह, देशद्रोह, गद्दारी

dismal डिज़्मल *a* 1 निराशाजनक, उदास करने वाला, उत्साह भंग करने वाला [~ weather] अंधेरा, अंधकारमय [~ future]; सुनसान, सूना, मनहूस, 2 उदास, शोकमग्न, खिन्न, 3 **the ~ science** (*arch*) अर्थशास्त्र

dismantle डिस्मैन्टल *vt* (किले की मोर्चाबन्दी) तोड़ना, (जहाज़ के) रस्से-रस्सियां खोलना तथा साज-सामान उतार लेना, सज्जारहित करना, (मशीन के पुर्जे) खोलना या अलग-अलग करना, विघटित करना, (इमारत आदि) ढाना, गिराना; **~ment** *n* विघटन

dismay डिस्मे *n* & *vt* 1 निराशा और भय, हौल, 2 घबराहट, व्याकुलता, बेचैनी; *vt* उत्साह भंग करना, हतोत्साह करना, निराश करना [I was ~ed at the result], घबरा देना, बेचैन करना

dismember डिस्मेम्बर *vt* 1 अंगछेद करना, अंग-भंग करना,, टुकड़े-टुकड़े करना, 2 छिन्न-भिन्न करना, विभाजित करना [The country is being ~ed]

dismemberment *n* अंगछेद, अंगभंग, विघटन, विभाजन [~ of a country]

dismiss डिस्मिस *vt* 1 (सभा) विसर्जित करना, भंग करना, विघटित करना, (सेना को) तितर-बितर करना, (सैनिकों को ड्रिल की समाप्ति पर) जाने देना, 2 बरखास्त करना, पदच्युत करना, हटा देना, निकाल देना, 3 to ~ sth **from** one's thoughts कोई बात दिमाग़ से निकाल देना, 4 सरसरी तौर पर विचार करके टाल देना; Let us ~ the subject अब इस विषय की ओर चर्चा न की जाये, 5 *law* (मुकदमा, अपील आदि) ख़ारिज करना, 6 *crick* (खिलाड़ी को) थोड़े से रनों पर आउट कर देना [~ed for 5 runs]; **~al** डिस्मिसल *n* 1 (सभा आदि का) विसर्जन, विघटन, 2 पदच्युति, बरख़ास्तगी [~al **from** the Army], 3 (मुकदमे, अपील आदि का) ख़ारिज किया जाना, **ख़ारिजी**

dismount डिस्माउन्ट *vi* & *t* 1 उतरना [to ~ **from** a horse], गिरना, 2 *vt* उतारना [to ~ a rider], 3 (तोप आदि को गाड़ी आदि से) उतारना

disobedience डिस-ब्रीडिअन्स *n* आज्ञा न मानना, अवज्ञा, उल्लंघन [~ **to** s.o.; ~ **to** orders; ~ **of** a rule, law]

disobedient डिस-बीडिअन्ट *a* आज्ञा न मानने वाला, कहना न मानने वाला, आज्ञा या नियम या कानून भंग करने वाला, अवज्ञाकारी [~ **to** orders, ~ **to** the master]

disobey डिस-बे *vt* (आज्ञा) न मानना, (कहना) न मानना, (आज्ञा या नियम या कानून) भंग करना, अवज्ञा करना

disoblige डिसब्लाइज *vt* किसी की सुविधा या इच्छा का ख्याल न करना, लिहाज़ न करना; **disobliging** *a* लिहाज न करने वाला, बेमुरव्वत

disorder^{1} डिस्-ऑर्डर *n* 1 गड़बड़, गड़बड़ी, अव्यवस्था, गोलमाल, बदइन्तज़ामी, 2 शांतिभंग, दंगा, फ़साद [Troops will deal with the ~s]; खलबली, हुल्लड़, हंगामा, शोर, 3 अस्तव्यस्तता, क्रमभंग, बेतरतीबी, 4 रोग, बीमारी, विकार

disorder^{2} *vt* 1 गड़बड़ करना, गड़बड़ी मचाना, अव्यवस्थित करना, क्रम भंग करना, 2 बीमार कर देना, स्वास्थ्य बिगाड़ देना

disorderliness *n* 1 गड़बड़ी (see disorder), 2 अनुशासनहीन आचरण, दुराचरण, दुर्व्यवहार

disorderly *a* 1 गड़बड़, अव्यवस्थित, अस्तव्यस्त, क्रमरहित, बेतरतीब, 2 दंगा-फ़साद करने वाला, हुल्लड़ मचाने वाला [~ crowds], उद्दण्ड, अनुशासनहीन, उद्दण्डतापूर्ण [~ behaviour]

disorganization डिस्ऑर्गनाइज़ेशन *n* 1 विघटन 2 अव्यवस्था

disorganize डिस्ऑर्गनाइज़ *vt* 1 (संस्था, सभा आदि) विघटित करना, तोड़ देना, व्यवस्था भंग करना, प्रबन्ध भंग करना, 2 अव्यवस्थित करना, गड़बड़ करना

disorientate डिस्ऑरियन्टेट (also **disorient**) *vt* दिशाभ्रम या दिग्भ्रम पैदा करना, व्यक्ति के मन में इस विषय में भ्रम पैदा करना कि "मैं कहां हूं और किधर जा रहा हूं"; *fig* क्या ठीक है क्या गलत —इस विषय में भ्रम पैदा करना

disown डिस्-ओन *vt* न मानना, मानने से इन्कार करना, मुकरना, to ~ a book किसी ग्रन्थ को अपनी रचना या कृति न मानना, to ~ a leader किसी को नेता मानने से इन्कार करना, नेता का साथ छोड़ देना

disparage डिस्पैरिज *vi* अनादर करना, तिरस्कार करना, तुच्छ समझना, बेकदरी करना; **~ment** *n* अप्रतिष्ठा, तिरस्कार, अवमानना, हेठी, बेइज्जती, बेकदरी

disparaging डिस्पैरिजिङ्ग *a* तिरस्कारपूर्ण, अप्रतिष्ठाकारक; **~ly** *adv* to speak ~ly of s.o. किसी के बारे में तिरस्कारपूर्ण शब्द कहना

disparate डिस्परट *a* & *n* 1 वस्तुत: भिन्न, भिन्न प्रकार का, असदृश, जिन में परस्पर संबंध या समानता न हो, बेमेल, असंमेय; *n* (usu in *pl*) disparates ऐसी असमान वस्तुएं जिनकी परस्पर तुलना न की जा सके, असदृश, विसदृश; **~ness** *n* भिन्नता, असमानता

disparity डिस्पैरिटि *n* 1 भिन्नता, असमानता, असमता, वैषम्य, 2 अन्तर, भेद, फ़र्क [~ in the two versions, accounts, etc]

dispassionate डिस्पैशनिट *a* 1 आवेशरहित, उत्तेजनारहित, शान्त, शान्तचित्त, शान्तस्वभाव, 2 निष्पक्ष, पक्षपातरहित, तटस्थ; **~ly** *adv* ठंडे दिल से, शांति से, शांतिपूर्वक, भावुकता छोड़कर, बिना पक्षपात के; **~ness** *n* 1 शान्त भाव, भावुकता का अभाव, 2 निष्पक्षता

dispatch^1, **des-** डिस्पैच *vt* & *i* 1 (संदेशवाहक, पत्र, माल आदि) भेजना, रवाना करना, प्रेषित करना, 2 वध करना, मार डालना, काम तमाम करना, 3 काम जल्दी-जल्दी पूरा करना या करवाना, निपटाना [to ~ the day's business, task, etc], 4 जल्दी-जल्दी भोजन करना [to ~ a meal]

dispatch^2, **des-** *n* 1 (see prec) भेजना, भिजवाना, प्रेषण, रवानगी, 2 हत्या, वध, **happy ~** (=hara-kiri) जापानी ढंग से आत्महत्या, 3 लिखित संदेश, सरकारी चिट्ठी-पत्री, **to be mentioned in ~s** सैनिक कार्यवाही के दैनिक विवरण में (किसी के) काम की प्रशंसा होना, 4 मुस्तैदी, फुरती, शीघ्रता, कुशलता, तत्परता, **with the utmost ~** बड़ी शीघ्रता से, अविलम्ब

dispel डिस्पे`ल *vt* (to ~ darkness, fears, suspicions, clouds, etc) दूर करना, हटाना, मिटाना, निकालना, निवारण करना, शांत करना, छितराना, तितर-बितर करना

dispensable डिस्पे`न्स-बल *a* जो बहुत ज़रूरी न हो, जिसके बिना काम चल सके; अनावश्यक

dispensary डिस्पे`न्सरि *n* औषधालय (वि० धर्मार्थ औषधालय), दवाखाना

dispensation डिस्पे`न्सेशन *n* 1 वितरण, बांट, 2 व्यवस्था, प्रबन्ध, **divine ~** ईश्वरीय व्यवस्था, विधाता का विधान, दैवी आदेश, 3 धार्मिक व्यवस्था [Christian ~], 4 **~ from** a rule etc. छूट, माफ़ी, 5 **~ with** sth किसी चीज़ के बिना काम चलाना

dispense डिस्पे`न्स *vt* & *i* 1 बांटना, वितरण करना, 2 **to ~** justice न्याय-व्यवस्था करना, 3 दवाई बना कर देना, to ~ a prescription नुस्खा बनाना, 4 to ~ s.o. **from** sth किसी को किसी बात से छूट देना, 5 to ~ **with** sth के बिना काम चलाना, प्रयोग न करना; **dispenser** *n* 1 दवा देने वाला, औषधदाता, 2 डब्बा या बोतल आदि जिसका ढक्कन उतारे बिना द्रव, पाउडर आदि निकल आता है [**liquid soap ~r**]

dispersal डिस्पर्सल *n* (f. foll) फैलना, बिखरना, प्रसार, विसर्जन

disperse डिस्पर्स *vt* & *i* 1 विभिन्न दिशाओं में जाना या भेजना या फेंकना, उड़ाना या उड़ा ले जाना; तितर-बितर करना या होना [The police ~d the crowd; the crowd ~ed peacefully]; फैलाना, फैलना, बिखेरना, छितराना; the clouds ~d बादल छट गये, 2 (सभा आदि) विसर्जित करना या होना, भंग करना या होना; the meeting ~d सभा विसर्जित हुई, 3 (of troops) विभिन्न स्थानों में भेजना या ठहराना या तैनात करना, 4 (समाचार आदि) फैलाना, 5 *opt* प्रकाश को सात रंगों में विभक्त करना

dispersion डिस्पर्शन *n* 1 (f. prec) ~ of light श्वेत प्रकाश का सात रंगों की किरणों में विभक्त होना, प्रकीर्णन, 2 = **dispersal**

dispirit डि-स्पिरिट *vt* निराश या हताश करना, हतोत्साह करना, दिल तोड़ना, उदास करना; **~ed** *a* निराश, हताश, हतोत्साह, उदास

displace डिस्प्लेस *vt* 1 जगह से हटाना, सरकाना, हिलाना, विस्थापित करना, 2 पद से हटाना, पदच्युत करना, निकालना, 3 किसी को हटा कर उसकी जगह लेना, 4 एक वस्तु को हटा कर दूसरी वस्तु रखना; **~d** *a* **displaced person** विस्थापित, विस्थापित व्यक्ति, शरणार्थी

displacement *n* 1 विस्थापन, 2 किसी का स्थान लेना [the ~ of human labour by machines] 3 द्रव में तैरते या डूबे हुए पदार्थ द्वारा विस्थापित द्रव का भार; **~ of a ship** जहाज़ का भार; a ship with a ~ of 11,000 tons ११,००० टन भारी जहाज़

display^1 डिस्प्ले *vt* 1 दिखाना, प्रदर्शित करना, व्यक्त करना, प्रकट करना, ज़ाहिर करना, to ~ courage साहस दिखाना या प्रदर्शित करना, साहस का प्रमाण देना, to ~ one's ignorance अज्ञानता का परिचय देना, to ~ a notice नोटिस लगाना या चिपकाना, 2 प्रदर्शन करना, प्रदर्शनार्थ रखना, दिखाने के लिए रखना, सजावट करना, सजा कर रखना [to ~ goods in windows], 3 *print* आकर्षक ढंग से छापना

display^2 *n* 1 प्रदर्शन, दिखाना, ~ of courage साहस का प्रदर्शन, 2 प्रदर्शनी, नुमाइश; [New machines are **on ~**], उत्सव, तमाशा, खेल, **Air display** हवाई करतबों का प्रदर्शन, हवाबाज़ी की नुमाइश, 3 *print* आकर्षक छपाई, सजावटी

छपाई, ~ advertisement सजावटी विज्ञापन

displease डिस्प्लीज़ *vt* नाराज़ करना, अप्रसन्न करना, गुस्सा दिलाना, खिजाना, to be ~d, **at sth, with s.o.** किसी बात पर, किसी व्यक्ति पर, नाराज़ होना; **displeasing** *a* अप्रिय, अरुचिकर, जो अच्छा न लगे, खराब, बुरा

displeasure डिस्प्लें'श़र *n* नाराज़गी, अप्रसन्नता, खीज, गुस्सा, नापसन्दगी, **to incur s.o.'s** ~ किसी को नाराज करना, किसी का कोपभाजन बनना

disport डिस्पॉर्ट *vi & refl* **1** उछलना, कूदना, **2** to ~ oneself आमोद-प्रमोद करना, मज़े करना

disposable डिस्पोज़-बल *a* **1** सुलभ, प्राप्त, **2** जिसे इस्तेमाल के बाद फेंका जा सके [~ cups etc]

disposal डिस्पोज़ल *n* **1** विन्यास, तरतीब, प्रबन्ध, व्यवस्था [the ~ of troops], **2** निपटारा, समाप्ति [the ~ of business], **3** फ़ैसला, निर्णय, **4** बांट, वितरण, सपुर्दगी, बिक्री, विक्रय, the ~ of property जायदाद का वितरण या विक्रय, **6** वश, बस, प्रबंध, इन्तज़ाम; **I am at your** ~ आप मुझसे जो चाहें सेवा ले सकते हैं, मैं हर तरह से आपकी सेवा के लिए तैयार हूं

dispose डिस्पोज़ *vt & i* **1** विन्यास करना, क्रम से रखना, ठीक ठिकाने रखना, तरतीब देना, **2** विधान करना, विहित करना, *Prov:* Man proposes, God ~s आदमी कुछ सोचता है, ईश्वर कुछ करता है, **3** रुझान या झुकाव या प्रवृत्ति पैदा करना, करने को तैयार या राज़ी कर लेना [to ~ s.o. to do sth]; to be ~d राज़ी होना, तैयार होना, इरादा रखना, I am ~d to help you मैं आपकी मदद करने को तैयार हूं; If you feel so ~d यदि आपकी ऐसी इच्छा हो, यदि आप इसके लिए राज़ी हों, **4 to dispose of** : (*various uses*) 1 to ~ of a matter मामला तय करना, निपटाना, 2 to ~ of s.o.'s fate किसी के भाग्य का निर्णय करना, 3 to ~ of sth किसी बात से छुटकारा पाना, 4 to ~ of a dead body शव को ठिकाने लगाना, गाड़ना, जलाना आदि, 5 ठिकाने लगाना, मार डालना [to ~ of one's enemy], 6 to ~ of an argument दलील का उत्तर देना, खंडन करना, 7 to ~ of goods माल बेचना, विक्रय करना; to ~ of one's property जायदाद बेचना या वसीयत द्वारा किसी को दे देना, 8 बाँटना, वितरण करना, खर्च करना, व्यय करना, 9 to ~ of a meal जल्दी-जल्दी खाना खा लेना, 10 to ~ of (a cricket XI) थोड़े से रनों पर आउट कर देना

disposition डिस्प-ज़िशन *n* **1** क्रम से रखना, रखने का क्रम, विन्यास, तरतीब, the **disposition** of the books is excellent पुस्तकें बड़ी अच्छी तरह सजा कर रखी गई हैं, **2** (usu in *pl*) the ~ of troops आक्रमण अथवा प्रतिरक्षा के लिए सेना का विन्यास, सेना की तैयारियां, व्यूह रचना, मोर्चा, लड़ाई का नक्शा, **3** विधान, आदेश, a ~ of Providence विधाता का विधान, **4** ~ of property जायदाद का वसीयत द्वारा वितरण, **5** प्रवृत्ति, चित्त-वृत्ति, मनोवृत्ति, रुझान, झुकाव, स्वभाव, मिज़ाज, तबीयत [His disposition is merciful, cheerful, etc]

dispossess डिस्-पज़ें'स *vt* **1** निकाल देना, निकाल बाहर करना, **2** बेदखल करना, कब्ज़ा हटाना, अधिकार छीन लेना, वंचित करना [to ~ s.o. of sth]; **dispossession** डिस्-पज़ें'शन *n* बेदखली, कब्जाहरण, अधिकारच्युति

disproof डिस्प्रूफ़ *n* **1** खंडन, प्रतिवाद, **2** खंडन करने वाला प्रमाण आदि

disproportion डिस्प्रपॉर्शन *n* उचित अनुपात न होना, विषमता, अननुकूलता

disproportionate डिस्प्र-पॉर्शनिट *a* **1** बेमेल, अननुकूल, बेहिसाब, तुलना में बहुत अधिक या बहुत कम, अनुपातहीन [The salary is ~ **to** the work done], **2** बेडौल, बेढंगा, असंतुलित

disprove डिस्-प्रव *vt* खंडन करना, प्रतिवाद करना, झूठा ठहराना, ग़लत साबित करना, काटना

disputable डिस्प्यूट-बल *a* जिसके विषय में विवाद किया जा सके, विवादास्पद, विवादग्रस्त

disputant डिस्प्यूटन्ट *n* विवाद करने वाला, विवादी

disputation डिस्प्युटेशन *n* विवाद, वाद-विवाद, बहस, शास्त्रार्थ

disputatious डिस्प्युटेशस *a* विवाद करने वाला, विवादप्रिय, तर्कप्रिय

dispute^{1} डिस्प्यूट *vi & t* **1** बहस करना, वाद-विवाद करना, तर्क-वितर्क करना [to ~ **with** s.o. **on, about**, sth], **2** झगड़ना, झगड़ा करना, तकरार कराना, **3** *vt* (गरमागरम) बहस करना [to ~ whether, how, etc; to ~ a point, question, etc, **4** न मानना, मानने से इन्कार करना, [to ~ a claim, decision]; सच न मानना, खंडन करना, प्रतिवाद करना [to ~ a statement, fact, etc], **5** (विजय, पारितोषक आदि के लिए किसी के साथ) स्पर्धा करना, संघर्ष करना, होड़ करना, खूब मुकाबला करना [The home team ~ed the victory until the last minute], **6** रोकने के लिए लड़ना [to ~ a landing by the enemy]

dispute^{2} *n* **1** विवाद, बहस, शास्त्रार्थ, **the matter in** ~ विवाद का विषय, विवादग्रस्त विषय; **beyond** ~, **past** ~, **without** ~ निश्चय ही, निस्सन्देह, **2** मतभेद, तकरार; झगड़ा, बखेड़ा, टंटा, कहासुनी

disqualification डिस्क्वॉ'लिफ़िकेशन *n* **1** अयोग्यता, अनर्हता, अपात्रता, **2** अयोग्य ठहराया जाना, अधिकार छीन लिया जाना, प्रतिबंध, रोक, **3** वह बात जिसके कारण कोई अयोग्य ठहराया जाये, त्रुटि, कमी, नुक्स

disqualify डिस्क्वॉ'लिफ़ाइ *vt* **1** अयोग्य या अपात्र

ठहराना, अयोग्य घोषित करना, अयोग्य कर देना [to ~ s.o. for sth, for some office], 2 अधिकार छीन लेना, रोकना, मना करना [He has been disqualified from taking the examination]

disquiet डिस्क्वाइअट *vt* & *n* अशान्त करना, चिन्तित करना, व्याकुल करना; *n* अशान्ति, चिन्ता, व्याकुलता

disquietude डिस्क्वाइअटयूड *n* अशान्ति, चिन्ता, व्याकुलता

disquisition डिस्क्विज़िशन *n* 1 खोजपूर्ण निबन्ध, प्रबन्ध; गवेषणा, 2 व्याख्यान, प्रवचन, उपदेश

disregard डिस्रिगार्ड *vt* & *n* अवज्ञा करना, अनादर करना. उपेक्षा करना, परवाह न करना, न मानना, अनसुनी करना, ध्यान न देना; *n* अनादर [~ for one's elders], उपेक्षा, अवज्ञा [~ of the law]

disrepair डिस्रिपें‌अर *n* (इमारत की) जीर्ण-शीर्ण अवस्था (जिसमें मरम्मत की जरूरत हो), भग्न अवस्था, टूटी-फूटी हालत, ख़स्ता हालत [to be **in** ~; to fall **into** ~]

disreputable डिस्रें‌प्यूट-बल *a* 1 बदनाम, कुख्यात, 2 (देखने में) अशोभन, गन्दा, 2 अपमानजनक, अकीर्तिकर

disrepute डिस्रिप्यूट *n* बदनामी, कुख्याति, लोकनिन्दा

disrespect डिस्रिस्पें‌क्ट *n* 1 अपमान, निरादर, अनादर, तिरस्कार, 2 अविनय, गुस्ताख़ी, बेअदबी; **~ful** *a* 1 दुर्विनीत, गुस्ताख़, बेअदब, 2 अपमानजनक, तिरस्कारपूर्ण

disrobe डिस्रोब *vt* & *i* पोशाक या कपड़े उतारना

disrupt डिस्-रप्ट *vt* 1 भंग करना, गड़बड़ी फैलाना या मचाना [to ~ a meeting], 2 खंड-खंड करना, छिन्न-भिन्न करना, टुकड़े-टुकड़े करना [to disrupt an empire]; **disruption** डिस्-रप्शन *n* 1 भंग, गड़बड़, फूट, 2 खंड-खंड होना, विघटन, विभाजन; **disruptive** डिस्-रप्-टिव *a* विघटनकारी; फूट डालने वाला [~ive forces]

dissatisfaction डि-सैटिस्फ़ैक्शन, 1 असंतोष, अतृप्ति, 2 नाराज़गी, 3 बेचैनी, हलचल

dissatisfy डिसैटिस्फ़ाइ *vt* सन्तुष्ट या तृप्त न कर पाना, असन्तुष्ट करना, असन्तोष का कारण होना [dissatisfied, **with, at**]

dissect डिसें‌क्ट *vt* 1 चीर-फाड़ करना, अंगछेद करना, विच्छेदन करना, 2 विश्लेषण करना, एक-एक अंग की जांच या परीक्षा करना, ब्योरेवार या सक्ष्म विवेचन करना [to ~ a theory]

dissection डिसें‌क्शन *n* 1 चीर-फ़ाड़, अंगछेद, विच्छेदन, 2 ब्योरेवार आलोचना, सूक्ष्म परीक्षण या विवेचन

dissemble डिसें‌म्बल *vt* & *i* 1 गुप्त रखना, पता न लगने देना, छिपाना [to ~ one's character, feeling, intention], to dissemble a fact तथ्य पर पर्दा डालना, तथ्य की चर्चा न करना, 2 *vi* अपना इरादा आदि छिपाना, 3 ढोंग करना; **~r** *n* ढोंगी, पाखंडी

disseminate डिसें‌मिनेट *vt* 1 छितरा कर बोना, बीज बिखेरना, 2 *fig* to ~ doctrines सिद्धान्तों का प्रचार करना, प्रसार करना, to ~ sedition राजद्रोह फैलाना; **dissemination** डिसें‌मिनेशन *n* 1 (बीज़ों का) बिखेरना, विकीर्णन, 2 (विचारों का) प्रचार, प्रसार

dissension डिस्सें‌न्शन *n* (मतभेद के कारण पैदा होने वाला) झगड़ा, मतभेद, फूट

dissent[1] डिसें‌न्ट *vi* 1 स्वीकृति न देना, स्वीकृति देने से इन्कार करना, 2 मतभेद होना, भिन्न विचार का होना (वि० धार्मिक सिद्धान्तो के विषय में) [to ~ **from s.o. about** sth]

dissent[2] *n* मतभेद (की अभिव्यक्ति), परम्परागत धर्म-विशेष के सिद्धान्तों को मानने से इन्कार, असहमति, असम्मति, विमति

dissenter *n* विमतवादी, विधर्मी, प्रचलित मत का विरोधी

dissentient *a* & *n* भिन्न मत वाला, विरोधी

dissenting *a* भिन्न मत का, विमति या असहमति का [~ minutes]

dissertation डिसर्टेशन *n* खोजपूर्ण निबन्ध, शोध-निबन्ध, प्रबन्ध

disserve डि-सर्व *vt* (सेवा-सहायता करते-करते) हानि पहुंचा देना, अनाड़ीपन से सेवा करना; **disservice** डि-सर्विस *n* हानि, अपकार, अनिष्ट [to do s.o. a ~]

dissidence डिसिडन्स *n* असहमति, असम्मति, विमति, (प्रचलित मत या सामयिक सरकार से) असहमति

dissident डिसिडन्ट *a* & *n* भिन्न मत या विचार रखने वाला, (प्रचलित मत या सामयिक सरकार से) असहमत

dissimilar डि-सिमिलर *a* असदृश, असमरूप, असमान, भिन्न [~ **to, from**, sth]; **dissimilarity** *n* असादृश्य, असमरूपता, असमानता

dissimilitude डि-सिमिलट्यूड *n*=**dissimilarity**

dissimulate डिसिम्युलेट *vt* & *i* 1 (किसी बात या भावना को) छिपाना, दुराव करना, 2 बहाना करना, ढोंग करना, दिखावा करना, पाखंड करना; **dissimulation** *n* 1 छिपाव, दुराव, 2 बहाना, ढोंग, दिखावा, पाखंड

dissipate डिसिपेट *vt* & *i* 1 (बादल, धुंध) बिखेरना, बिखरना, तितर-बितर करना, छिन्न-भिन्न करना, छितराना, उड़ाना, 2 (चिन्ता, भय, अन्धकार) दूर करना, मिटाना, 3 चूर-चूर या चकनाचूर करना या होना, नष्ट या बरबाद करना या होना, 4 (रुपया) बरबाद करना, उड़ाना, फ़ज़ूल खर्च करना, 5 (कभी कोई काम और कभी कोई काम करके शक्ति आदि) नष्ट करना [to ~ one's efforts], 6

ऐय्याशी करना, भोग-विलास में रत रहना; **~d** डिसिपेटिड *a* लम्पट, विषयासक्त, व्यसनी

dissipation डिसिपेशन *n* 1 ~ **of money** धन का अपव्यय, फ़ज़ूलखर्ची, 2 एकाग्रता का अभाव, ध्यान न लगना, 3 (शक्ति का) अपव्यय [~ **of one's energy**], 4 लम्पटता, विषयासक्ति [a life of ~]

dissociate डि-सोशियेट *vt* 1 (एक वस्तु को दूसरी से) अलग करना या समझना [It is difficult to ~ a man from the position he holds], 2 **to ~ oneself from sth** से संबंध न होने की घोषणा करना [I ~ myself from the resolution], 3 *psych* व्यक्ति के चित्त में चेतना के दो या अधिक केन्द्र उत्पन्न कर देना, **~d personality** एक व्यक्ति में दो भिन्न व्यक्तित्वों का होना, अर्थात् एक ही व्यक्ति का दो भिन्न व्यक्तियों की भांति आचरण करना, विभक्त या विच्छिन्न व्यक्तित्व

dissociation डिसोसियेशन *n* 1 वियोजन, संबंध-विच्छेद, बिलगाव, 2 असाहचर्य, असंबंध [~ of ideas]

dissoluble डिसॉल्युबल *a* जिसे भंग या विघटित किया जा सके, विघटनीय

dissolute डिस-ल्यूट *a* लम्पट, विषयासक्त, व्यसनी, दुराचारी

dissolution डिस-ल्यूशन *n* 1 (बर्फ़ आदि का) पिघलना, 2 (of marriage, partnership, etc) विच्छेद, टूटना, तोड़ना, 3 (of Parliament etc) भंग (करना), विघटन, 4 अन्त, समाप्ति, लोप, 5 मृत्यु

dissolve डिज़ॉल्व *vt & i* 1 घोलना, घुलाना, घुलना, पिघलना, 2 (सभा, संसद् आदि) भंग करना या होना, विघटित करना या होना, 3 विच्छेद करना, तोड़ना, रद्द करना, मंसूख करना, खतम करना, अन्त करना [to ~ an alliance, a marriage, a partnership, etc]

dissonance डिस-नन्स *n* 1 विस्वरता, स्वर का मेल न होना, बेसुरापन, 2 बेमेलपन, विसंवादिता

dissonant डिस-नन्ट *a* 1 बेसुरा, कर्कश, बेमेल, विसंवादी

dissuade डिस्वेड *vt* किसी काम से हटाना, निवृत्त करना, रोकना, किसी काम से हटाने के लिए समझाना-बुझाना [to ~ **s.o. from (doing) sth**]; **dissuasion** डिस्वेश्ज़न *n* काम से हटने की सलाह, निवारणार्थ परामर्श या अनुरोध, निवर्तन; **dissuasive** डिस्वेसिव *a* निवारणात्मक, निवारणार्थ, निवर्तक

dissymmetrical डिसिमे ट्रिकल *a* बेडौल; असमरूप, विसममित

dissymmetry डिसिमिट्रि *n* असमरूपता, विसममिति, बेडौलपन

distaff डिस्टाफ़ *n* 1 तकुआ, तकला, 2 औरतों का काम-काज, 3 **the ~ side** वंश का मातृपक्ष (मां, नानी, परनानी आदि)

distance डिस्टन्स *n & vt* 1 दूरी, within walking ~ जहां पैदल चल कर पहुंचा जा सके [The office is within walking ~ from my house], 2 अन्तर, अन्तराल, फ़ासला, 3 घनिष्टता से बचना, बहुत मेलजोल न रखना [to keep one's ~; to keep s.o. at a ~], 4 समय का अन्तराल, मुद्दत, अर्सा, at this ~ of time अब जब कि बहुत समय बीत चुका है, जबकि बात बहुत पुरानी हो चुकी है; *vt* 1 दूरी पर रखना, दूर-दूर रखना, 2 (more usu **out~**) दौड़ या प्रतियोगिता में (किसी को) बहुत पीछे छोड़ देना या (उससे) बहुत आगे निकल जाना

distant डिस्टन्ट *a* 1 दूर, दूर का, दूरवर्ती, दूरस्थ, three miles ~ from here यहां से तीन मील दूर, 2 to have a ~ view of sth किसी चीज को दूर से देखना, 3 in the ~ future दूर भविष्य में, 4 ~ likeness थोड़ी सी समानता, किंचित् सादृश्य

distaste डिस्टेस्ट *n* घृणा, नफ़रत, अरुचि, अनिच्छा, नापसंदगी [a ~ for sth]; **~ful** *a* 1 बुरे स्वादवाला, बेमज़ा, 2 अच्छा न लगने वाला, अरुचिकर, अप्रिय

distemper¹ डिस्टेम्पर *n* 1 शारीरिक रोग, मानसिक रोग, 2 कुत्तों आदि का रोग-विशेष

distemper² *n & vt* दीवार आदि पर रंग करने का विशेष ढंग, (इस काम के लिए) रंग, डिस्टेम्पर; to paint in ~ डिस्टेम्पर करना; *vt* डिस्टेम्पर करना

distend डिस्टेन्ड *vt & i* (भीतरी दबाव से) फैलना, फैलाना, फूलना, फुलाना [to ~ a vein, one's nostrils]

distensible डिस्टेन्स-बल *a* जो फूल सके या फुलाया जा सके

distension डिस्टेन्शन *n* फैलाना, फूलना, फुलाव

distich डिस्टिक *n* दो पंक्तियों का पद्य, द्विपदी, दोहा, श्लोक आदि

distil डिस्-टिल *vi & t* (-ll-) 1 टपकना, टपकाना; बूंद-बूंद करके गिरना या गिराना, 2 अर्क खींचना या निकालना, *fig* to ~ a doctrine सिद्धान्त का सार या निचोड़ निकालना, 3 शराब बनाना; **~lation** डिस्टिलेशन *n* आसवन; **~ler** *n* अर्क निकालने वाला, शराब बनाने वाला; **~lery** डिस्टिल-रि *n* शराब की भट्ठी, शराब का कारखाना

distinct डिस्टिन्क्ट *a* 1 भिन्न, अलग, पृथक्, to keep two things ~ दो वस्तुओं या बातों में भेद करना, 2 स्पष्ट, साफ़ ~ memory, pronunciation, 3 निश्चित, विशेष, ख़ास; **~ly** *adv* 1 स्पष्टतः, साफ़-साफ़, निस्संदेह; **~ness** *n* भिन्नता; स्पष्टता

distinction डिस्टिङ्क्शन *n* 1 भेद, फ़र्क़, अन्तर, भिन्नता, **a ~ without a difference** नाम मात्र का भेद या फ़र्क़, 2 विशेषता, विशिष्टता, वैशिष्ट्य, यश, प्रतिष्ठा, सम्मान, उपाधि, 3 उत्कृष्टता, उत्कर्ष,

उच्च कोटि [a writer of ~]

distinctive डिस्टिन्क्टिव *a* 1 भेदसूचक, भिन्नतासूचक [~ mark], 2 विशेषतासूचक, विशिष्ट, ख़ास, स्पष्ट

distinguish डिस्टिन्ग्विश *vt & i* 1 भेद करना, भेद जानना [to ~ one thing **from** another; to ~ **between** two things], 2 भेद या फ़र्क या अन्तर होना, विशेषता होना, चिन्ह या लक्षण होना, 3 सुन या देख कर जान लेना, पहचानना, 4 to ~ oneself यश या ख्याति प्राप्त करना, नाम कमाना

distinguished *a* विख्यात, प्रसिद्ध, यशस्वी, उच्च कोटि का, उत्कृष्ट, ~ writer ख्यातनामा या लब्ध प्रतिष्ठ या उच्चकोटि का लेखक

distort डिस्टॉर्ट *vt* 1 मरोड़ना, तोड़ मरोड़ डालना, शक्ल बिगाड़ना, विकृत करना, 2 ग़लत बयान करना, ग़लत रंग में पेश करना, तोड़-मरोड़ कर पेश करना [to ~ facts, statements, motives]; **~ed** *a* विकृत, विद्रूप

distortion डिस्टॉर्शन *n* 1 (रूप-)विकृति, 2 तोड़-मरोड़, ग़लतबयानी, अयथार्थ वर्णन

distract डिस्ट्रैक्ट *vt* 1 to ~ the attention (from sth) ध्यान हटाना, ध्यान भंग करना, एकाग्रता भंग करना, 2 to ~ the mind परेशान करना, घबरा देना, ध्यान बंटाना, किंकर्तव्यविमूढ़ करना, 3 (usu in *pp*) पागल या विक्षिप्त करना, गुस्सा दिलाना, उत्तेजित करना; **~ed** *a* पागल, विक्षिप्त; परेशान [**~ed with**, **by**, **grief**]; **~edly** *adv* पागल या विक्षिप्त की भांति

distraction डिस्ट्रैक्शन *n* 1 एकाग्रता का भंग होना, ध्यान हटाना, 2 ध्यान हटाने वाली चीज़, ध्यान हटाने का कारण, विघ्न, बाधा [The loud speaker in the neighbourhood is a great ~], 3 मनोविनोद, मनोरंजन (का साधन) [There are not enough ~s in the villages], 4 परेशानी, घबराहट, व्याकुलता, 5 पागलपन, विक्षिप्तता, चित्तविक्षेप [to drive s.o. to ~]; to ~ पागलपन की हद तक [Majnu loved Laila to ~]

distrain डिस्ट्रेन *vi* (*law*) कुर्क करना, ज़ब्त करना [to ~ **upon** s.o.'s belongings]; **~ment**, **~t** *nn* कुर्की, ज़ब्ती

distrait डिस्ट्रे *a* (fem. **~e** डिस्ट्रेट) अन्यमनस्क

distraught *a* = distracted; बहुत परेशान

distress^1 डिस्ट्रेॅस *n* 1 दुःख, क्लेश, कष्ट, मुसीबत, विपत्ति, cry of ~ आर्तनाद, 2 दरिद्रता, निर्धनता, तंगी, आर्थिक संकट; (*attrib*) ~ sale धनाभाव के कारण (सस्ता) बेच देना [~ sale of potatoes], 3 संकट, ख़तरा, ~ signal संकट-संकेत, 4 थकान, थकावट, दम फूलना, 5 =distraint; ~ warrant कुर्की या ज़ब्ती का आदेश

distress^2 *vt* 1 दुःख या कष्ट देना, यातना पहुंचाना, थका देना, 2 चिन्ता में डाल देना, शोकमग्न करना, तंग या परेशान करना, दिल दुखाना

distressed *a* 1 दुःखी, चिन्तित, पीड़ित, 2 दरिद्र, 3 ~ **area** अभावग्रस्त या पीड़ित क्षेत्र, बहुत बेकारी वाला क्षेत्र

distributary डिस्ट्रिब्यूटरि *n* नदी से अलग होने वाली शाखा, नदी शाखा (opp. tributary), रजबहा

distribute डिस्ट्रिब्यूट *vt* 1 बांटना, विभक्त करना, (समुदाय-विशेष के प्रत्येक व्यक्ति को) हिस्सा देना, वितरण करना [to ~ **to**, **among**, a group], 2 अवयवों या खंडों में विभक्त करना, क्रमबद्ध करना, वर्गबद्ध करना, वर्गीकरण करना, 3 बिखेरना, फैलाना, अलग-अलग स्थानों में रखना [to ~ manure]

distribution डिस्ट्रिब्यूशन *n* 1 बांट, वितरण, हिस्सा, ~ of wealth धनवितरण, विभिन्न वर्गों को मिलने वाला राष्ट्रीयधन का हिस्सा, 2 वर्गीकरण

distributive डिस्-ट्रिब्यूटिव *a & n* वितरण का, वितरण-संबंधी; वितरणशील, वितरण करने वाला, वितरणात्मक; *n* (*gram*) वर्ग-विशेष के प्रत्येक व्यक्ति का बोधक, व्यष्टिवाचक पद या शब्द (*e.g.* each, every)

distributor डिस्-ट्रिब्यूटर *n* बांटने वाला, वितरण-कर्त्ता; वितरक

district डिस्ट्रिक्ट *n* देश का प्रशासनिक खंड, ज़िला, मंडल, जनपद, 2 क्षेत्र, इलाका, प्रदेश [mining ~]

distrust डिस्ट्रस्ट *n & vt* अविश्वास, सन्देह, शक [~ **of** s.o.]; *vt* विश्वास न करना, सन्देह करना, शक करना; **~ful** *a* विश्वास न करने वाला, सन्देह करने वाला [He is ~ **of** my motives]

disturb डिस्टर्ब *vt* 1 हिलाना, हिलाना-डुलाना, उलट पुलट करना, गड़बड़ करना, छेड़ना, 2 बाधा डालना, विघ्न डालना, ख़लल डालना, **to ~ the peace** शान्ति भंग करना, दंगा करना, 3 अशान्त करना, परेशान करना, व्याकुल करना [I was ~ed to hear the news of his illness]; तंग करना, छेड़ना

disturbance डिस्टर्बन्स *n* 1 अशांति, गड़बड़, हलचल, खलबली, उथल-पुथल, दंगा, फ़साद, उत्पात, **to make a ~** दंगा या उपद्रव करना, 2 शोर, कोलाहल, हुल्लड़, 3 विघ्न, बाधा, ख़लल

disunion डिस्-यूनिअन *n* 1 फूट, अनबन, झगड़ा, लड़ाई, 2 विच्छेद

disunite डिस्युनाइट *vt & i* फूट डालना, अलग करना या होना, अनबन पैदा करना

disunity डिस्-यूनिटि *n* =disunion, 1

disuse डिस्-यूस *n* प्रयोग न होना, चलन न रहना, लागू न रहना [**to fall into ~**], ताक पर रख दिया जाना; **~d** डिस्-यूज़्ड *a* जो काम में न आ रहा हो, पुराना [a ~d well]

ditch डिच *n & vt & i* 1 खाई, खन्दक, गड्ढा, परिखा, 2 दो खेतों के बीच की नाली (जो उनकी सीमा सूचित करती है), नाला, मोरी, 3 **last ~ battle** जम कर लड़ी गई अन्तिम लड़ाई, अन्तिम

जी-तोड़ कोशिश; 4 ~-water खाई का खड़ा पानी, **dull as ~-water** बिल्कुल नीरस; *vt* 1 (पानी के निकास के लिए) नाली बनाना, मोरी बनाना [hedging and ditching], 2 **to be ~ed** (गाड़ी का) गढ़े में फँस जाना, (योजना का) असफल होना, 3 *sl* to ~ a friend etc (मुसीबत में) मित्र का साथ छोड़ देना, 4 *sl* to ~ an aircraft संकटग्रस्त हो कर विमान को समुद्र पर उतारना

dither डिदर *vi* & *n* थरथराना, कांपना, लरज़ना, हिलना; *n* थरथराहट

ditto डिटो *n* & *vi* (*abbr* **do**, *pl* **dos**) 1 वही (जो पहले कहा गया है), तदेव, जैसे ऊपर, यथोपरि, तथैव, 2 (*colloq*) वैसी ही (दूसरी) चीज़; **to say ~ to s.o.** किसी से सहमत होना, हां में हाँ मिलाना; *vt* वही करना या कहना (जो दूसरे ने किया हो)

ditty डिटि *n* लघु गीत, गीतिका

ditty-bag, -box नाविक की थैली या सन्दूकची (जिसमें वह अपनी ज़रूरत की छोटी-मोटी चीजें रखता है)

diuretic डाइ-युरें'टिक *a* & *n* मूत्र लाने वाली (औषध), मूत्रल

diurnal डाइअर्नल *a* 1 *astron* दिन भर का, पूरे दिन का, दैनिक, 2 दिन का (न कि रात का), दिवातन

divalent डाइवेलंट *a* हाइड्रोजन के दो अणुओं से संयुक्त होने वाला, द्विसंयोजक

divan डिवैन, दिवान *n* 1 (प्राच्य देशों में) राज-परिषद्, राजसभा, दरबार, दरबार-भवन, 2 दीवार से सटी हुई लम्बी चौकी, दिवान

dive डाइव *vi* & *n* 1 इस तरह डुबकी लगाना कि पहले सिर पानी में डूबे और बाद में धड़ और टाँगें, गोता लगाना या मारना, 2 (of aircraft) तेज़ी से मुंह के बल उतरना, (of submarine) डुबकी लगाना, 3 झपटना, झपट्टा मारना, 4 to ~ into water, a vessel, one's pocket पानी, बर्तन या जेब में हाथ डालना; *n* डुबकी, गोता, पानी के भीतर तैरना, एकाएक चंपत होना, **dive-bombing** विमान का मुंह के बल तेज़ी से उतरते हुए बम गिराना

diver डाइवर *n* गोताख़ोर, डुबकी लगाने वाला

diverge डाइवर्ज *vi* 1 (of lines, roads) एक बिन्दु से भिन्न-भिन्न दिशाओं में जाना, एक दूसरे से भिन्न दिशाओं में जाना, 2 (of person) रास्ते से हटना, बहकना, भटकना, रास्ता बदलना, **to ~ from the beaten track** परम्परागत पद्धति से भिन्न पद्धति अपनाना, नया मार्ग अपनाना

divergence, -cy डाइवर्जन्स, -न्सि *nn* 1 अलग अलग होना, अपसरण, 2 भेद, भिन्नता, अन्तर, फ़र्क़, विरोध, ~ of views मतभेद

divergent डाइवर्जन्ट *a* अलग-अलग, भिन्न-भिन्न, विभिन्न, परस्पर-विरुद्ध [~ views]

divers डाइवर्ज *a* (*arch*) कई, अनेक

diverse डाइवर्स *a* 1 भिन्न, विभिन्न, अलग-अलग, असमान, असदृश, 2 विविध, नानाविधि, तरह-तरह के

diversification डाइवर्सिफ़िकेशन *n* विविधता; विविधीकरण

diversify डाइवर्सिफ़ाइ *vt* 1 नानाविध बनाना, विविधता लाना, तबदीली लाना, रंगबिरंगा बनाना, 2 **to ~ production** कई प्रकार का माल तैयार करना, भांति-भांति या तरह-तरह की चीज़ें बनाना, उत्पादन में विविधता लाना

diversion डाइवर्शन *n* (f. divert) 1 मोड़, दिशापरिवर्तन, दिक्परिवर्तन, अपवर्तन; (सड़क बन्द होने पर यातायात के लिए) दूसरा मार्ग, ~ channel प्रवाह को मोड़ने के लिए बनाई गई अस्थायी नाली या नहर, अपवर्तक नहर, 2 ध्यानभंग, 3 मनोविनोद (का साधन), दिलबहलाव, आमोद-प्रमोद [cinema is his only ~]

diversity डाइवर्सिटि *n* 1 पृथक्ता, विभिन्नता, असमानता, असादृश्य, 2 विविधता, भांति-भांति का होना, अनेकता, **unity in ~** विविधता या अनेकता में एकता, 3 वैचित्र्य

divert डाइवर्ट *vt* 1 मोड़ना, रुख़ बदलना, दिशा-परिवर्तन करना, दूसरी दिशा में ले जाना [to ~ a stream], 2 दूर करना, हटाना, दूसरी तरफ़ लगाना [to ~ s.o.'s attention], ध्यान भंग करना, 3 मनोरंजन करना, मनोविनोद करना

divest डाइवें'स्ट *vt* 1 नंगा करना, कपड़े उतारना या उतरवाना [to ~ s.o. of his clothes], 2 छीनना, वंचित करना, रहित करना, **to ~ oneself of a right** अधिकार त्याग देना

divide^1 डिवाइड *vt* & *i* 1 अलग-अलग करना या होना, पृथक्-पृथक् करना, तोड़ना, काटना, 2 हिस्से करना, बटवारा करना, बांटना, [to ~ **between** (two), **among** (more than two), persons], 3 *math* विभक्त या विभाजित करना, भाग देना, 4 मतभेद पैदा करना, आपस में लड़ाना, फूट डालना [D~ and rule], 5 **a house ~d against itself** वह सभा जिसमें भिन्न-भिन्न मत हों; जिसमें फूट पड़ गई हो; **opinions are ~d** (इस विषय में) भिन्न-भिन्न मत हैं, 6 *Parl:* संसद् में सदस्यों का मत गणना के लिए दो भिन्न कक्षों में जाना, मत-विभाजन करना या होना [after the debate, the House ~d]

divide^2 *n* जलविभाजन रेखा (see watershed); *fig* विभाजन रेखा, **the Great D~** जीवन और मृत्यु की विभाजन रेखा

dividend डिविडेंन्ड *n* 1 *math* भाज्य, 2 (कंपनी के) हिस्सेदारो में बांटा जाने वाला नफ़ा या लाभ, लाभांश [~ on shares], 3 लाभ, फ़ायदा [His long training paid ~s]

divider डिवाइडर *n* 1 *math* विभाजक, 2 **dividers** परकार

divination डिविनेशन *n* (f. divine^2) 1 भविष्यज्ञान, भविष्यवाणी, शकुनज्ञान, शकुन-विचार, अदृष्टदर्शन

divine^1 डिवाइन *a* & *n* 1 ईश्वरीय, दिव्य, दैवी, देवताओं जैसा; ईश्वरप्रदत्त, **divine right of kings** राजाओं का ईश्वरप्रदत्त (न कि जनता की इच्छा पर आधारित) शासनाधिकार, 2 ईश्वरभक्त; ~ **service** सार्वजनिक पूजा या आराधना, प्रार्थनासभा, कीर्तन, 3 देवतुल्य, अनुपम, अति सुन्दर; *n* धर्मोपदेशक, पादरी

divine^2 *vt* & *i* 1 योगदृष्टि या अन्तर्दृष्टि से जानना, शकुन देख कर जान लेना, भावी घटनाओं को पहले से जान लेना, भविष्यवाणी करना, पता लगा लेना, ताड़ जाना, भांप जाना, समझ जाना; ~**r** *n* सगुनिया, दैवज्ञ, भविष्यवक्ता, शकुनशास्त्री; **divining rod**=dowsing rod (see dowse)

divinity *n* 1 देवता, 2 ईश्वरत्व, देवत्व, 3 धर्मशिक्षा (विभाग), 4 Doctor of D~ धर्माचार्य

divisible डिविज़िबल *a* भाज्य, विभाज्य

division डिविश्ज़न *n* 1 बटवारा, बंटन, बांट, वितरण, विभाजन, ~ **of labour** श्रमविभाजन (अर्थात् किसी वस्तु के निर्माण के लिए उसके भिन्न-भिन्न भागों को तैयार करने का काम भिन्न-भिन्न व्यक्तियों में बांट देना), कार्य विभाजन, 2 *math* भाग देना, विभाग, 3 मतभेद, असहमति, फूट, 4 विभाजक रेखा, सीमा, हद, 5 टुकड़ा, खंड, भाग, प्रभाग, विभाग, वर्ग, श्रेणी, 6 (देश का प्रशासनिक) खंड, डिवीज़न, मंडल, कमिश्नरी, 7 (मेजर जनरल के अधीन) सेना का खंड, डिवीज़न, 8 *Parl* मतविभाजन (see divide 6), **to challenge a division** मतविभाजन की मांग करना, 9 ~ bench, ~ court खण्ड न्यायालय

divisional *a* खण्ड का, मंडल का, विभाग का, विभागीय, प्रभागीय

divisive डिवाइसिव *a* अलग-अलग करने वाला, फूट डालने वाला, फूट डालने का, विघटनात्मक, विघटनकारी

divisor डिवाइज़र *n* (*math*) भाजक, हर

divorce^1 डिवॉर्स *n* 1 तलाक, विवाह-विच्छेद, 2 अलगाव

divorce^2 *vt* 1 तलाक देना, विवाह-विच्छेद करना, (पति या पत्नी को) छोड़ देना, 2 संबंध-विच्छेद करना, संबंध न रखना, अलग करना, to divorce Church **from** State धार्मिक व्यवस्था को राजकीय व्यवस्था से अलग करना; **divorcee** डिवॉर्सी *n* (पति या पत्नी) जिसे तलाक दिया गया हो, तलाक शुदा

divulgation डिवल्गेशन, **divulgence** डाइवल्जन्स *nn* रहस्योद्घाटन

divulge डाइ-, डिवल्ज *vt* (गुप्त बात) बता देना, भेद खोलना, रहस्योद्घाटन करना, भंडाफोड़ करना, प्रकट करना [to ~ a secret]

dizziness डिज़िनिस *n* सिर का चक्कर, घुमरी

dizzy^1 डिज़ि *a* 1 चकराया हुआ, घूमता हुआ, अस्थिर, लड़खड़ाता हुआ, जिसका सिर चकरा रहा हो [I feel ~; my head is ~], 2 परेशान, भौचक, भौचक्का, घबराया हुआ, 3 (of height, speed) जो व्यक्ति को चकरा दे, सिर में चक्कर लाने वाला, घुमरी लाने वाला, 4 (of mountain, tower, etc) बहुत ऊँचा

dizzy^2 *vt* 1 सिर चकरा देना, घुमरी लाना, 2 परेशान करना (See prec)

djinn जिन *n* = jinn, जिन, भूत

do^1 डू *vt* & *i* & *aux* **I** *vt* 1 करना, संपादन करना, संपन्न करना, निष्पादन करना, पूरा करना; he did a great service to the country उसने देश की बड़ी सेवा की, 2 *idioms:* to do justice to s.o. किसी के साथ न्याय करना; I did two miles on foot मैं दो मील पैदल चला, the car is doing 100 kilometers गाड़ी सौ किलोमीटर की रफ़्तार से जा रही है, to do a sum सवाल निकालना, to do s.o. to death किसी की हत्या करना, to do a city किसी नगर में जाना और वहां के दर्शनीय स्थानों को देखना; to do a room कमरे को ठीक-ठाक करना, to do one's hair बाल संवारना, to do medicine डाक्टरी की पढ़ाई करना, **to do wrong** ग़लती करना [I did wrong in disobeying him], **to do right** ठीक करना, अच्छा करना [you did right in rejecting his advice], **to do good** भला करना, भलाई करना, लाभ पहुंचाना, **to do well** हालत सुधरना, The patient is doing well रोगी की हालत सुधर रही है, बीमार अच्छा हो रहा है; He is doing well in business उसका कारोबार अच्छा चल रहा है, **to do s.o. good** लाभ पहुंचाना, आराम पहुंचाना [This medicine will do you good], **to do s.o. a favour, a kindness** किसी पर कृपा करना, मेहरबानी करना, **to do one's best** पूरा जोर लगाना, पूरी कोशिश करना, **II** *vi* करना, आचरण या व्यवहार करना [Do as they do in Rome]; काम करना, **Do or die** करो या मरो (अर्थात् हर तरह की मुसीबत झेलने को तैयार रहो) **How do you do?** आपका मिज़ाज कैसा है?; उचित या पर्याप्त होना, काम चला देना, **That will do** बस, इतना काफ़ी है; **Nothing doing** कुछ काम नहीं हो रहा; सफलता की कोई आशा नहीं है; **III** (*as verb substitute*), I raised slogans as the others *did* मैं ने नारे लगाये जैसे कि दूसरों ने लगाये; Did you take the medicine? Yes, I *did* क्या तुमने दवाई पी? हां, मैं ने पी; **IV** *verb aux* (i) (*for emphasis*) He threatened to resign and he *did* resign उसने त्यागपत्र देने की धमकी दी और त्यागपत्र दे भी दिया; Do come, please (कृपया) ज़रूर आइएगा, (ii) (*for inversion*) Rarely *does* it happen that . . . ऐसा बहुत ही कम होता है कि

. . .;V (*with prepp* & *advv*) **to do away with** ख़तम करना, अन्त करना [When shall we do away with the dowry system?]; **to do** (well, badly) **by** s.o. के साथ (अच्छा, बुरा) व्यवहार करना; Do as you would be done by दूसरों के साथ ऐसा व्यवहार करो जैसा चाहते हो कि वे तुम्हारे साथ करें; **to do for** (i) प्रबन्ध करना, What do you do for water? पानी का क्या प्रबन्ध करते हो? पानी कहां से लेते हो? (ii) के लिए पर्याप्त होना, के रूप में काम देना; This room will do for an office यह कमरा दफ़्तर के लिए ठीक रहेगा; (iii) *colloq* बरबाद करना; मार देना [He's done for]; **to do into** में अनुवाद करना [I shall do this book into Hindi]; **to do unto** = to do by; **to do** sth **up** (i) बांधना; (ii) मरम्मत करना, ठीक-ठाक करना [The house needs to be done up]; (iii) *sl* थका देना; to be done up थक कर चूर हो जाना; **to do with** sth किसी चीज़ से काम चला लेना, चीज़ को पर्याप्त समझना [I can do with just a cup of milk]; **to do without** sth किसी चीज़ के बिना काम चलाना, आवश्यक न समझना [I can do without your help]; **to make sth do, to make do (with sth)** से काम चला लेना, को पर्याप्त समझना [I can make Rs 10 do]; **to have to do with s.o.**, sth से संबंध रखना या होना, वास्ता या पाला पड़ना **to have sth (nothing) to do with** से संबंध या वास्ता (न) होना; **to have done with** एक बार पूरा कर के फिर कोई संबंध न रखना, छोड़ देना [I have done with this dirty business]

do² *n* (*pl* **dos** *or* **do's**) **1** *colloq* मनोरंजन, आमोद-प्रमोद (का कार्यक्रम), तमाशा, **2** करने लायक बातें, **do's and don'ts** करणीय और अकरणीय, आचरण-नियमावली

do³ *abbr* of ditto

docile डोसाइल *a* **1** जो सीखने को तैयार हो, जिसे सिखाया या सधाया जा सके, शिक्षणीय [a ~ child, horse], **2** विनीत, दब्बू, सीधा, वशवर्ती; **docility** *n* **1** सीखने या मानने की प्रवृत्ति, विनेयता, **2** विनीतता, दब्बूपन, वशवर्तिता

dock¹ डॉक *n* पुच्छमूल, पूंछ का मांसल भाग

dock² *vt* **1** दुम काटना, दुम काट कर छोटी कर देना [to ~ a horse, a horse's tail], **~-tailed** दुमकटा, **2** आदमी के बाल छोटे करना, **3** कम करना, वंचित करना, to ~ s.o. of his ration किसी की रसद बंद कर देना; to ~ s.o.'s salary किसी का वेतन कम कर देना

dock³ *n* & *vt* & *i* **1** जहाजों से माल उतारने और चढ़ाने तथा जहाज़ों की मरम्मत के लिए बना विस्तृत जलाशय जिसमें पानी भरने और निकालने के द्वार होते हैं, गोदी, **2 dry ~, graving ~** सूखी गोदी (जिसमें से जहाज़ों की मरम्मत के समय पानी निकाल दिया गया हो), **3 wet ~** जल वाली गोदी जल-गोदी, **floating ~** तिरती गोदी (अर्थात् तिरता हुआ बेड़ा जिसे सूखी गोदी की तरह मरम्मत आदि के लिए इस्तेमाल किया जाता है), **4** (*pl*) **docks** गोदी-शृंखला जिसमें माल उतारने-चढ़ाने के घाट तथा कार्यालय होते हैं, गोदी-वाड़ा, बन्दरगाह, **5 ~yard** 1 = docks, 2 जहाज़ों के निर्माण तथा मरम्मत आदि का कारख़ाना, जहाज़ी कारख़ाना; **~er** गोदी मज़दूर; *vt* & *i* **1** जहाज़ को घाट पर लगाना, जहाज़ का घाट पर लगना, **2** गोदियां बनाना, **3** दो अन्तरिक्षयानों को परस्पर जोड़ना; अन्तरिक्षयानों का एक-दूसरे से जुड़ना

dock⁴ *n* (फ़ौजदारी अदालत में कैदी के खड़े होने का) कटघरा; **to put s.o. in the ~** किसी पर मुकदमा या अभियोग चलाना; **to be in the ~** पर मुकदमा चलना

docket डॉकिट *n* & *vt* **1** (*law*) पत्र अथवा दस्तावेज़ के बाहर दिया गया उसका सारांश, प्रलेख-सार, **2** *commerc* माल आदि की सूची, **3** पैकिट पर लगा लेबुल (जो माल के प्रयोग आदि की विधि सूचित करता है); *vt* (पत्र या दस्तावेज़ के बाहर उसका) सारांश लिखना; (पैकिट पर) लेबल लगाना

doctor¹ डॉक्टर *n* **1** चिकित्सक, वैद्य, हकीम, डाक्टर, **2** विश्वविद्यालय की सर्वोच्च उपाधि से विभूषित व्यक्ति, वाचस्पति, **3** *arch* विद्वान्, पंडित, आचार्य, उपाध्याय; Who shall decide when doctors disagree? जब विद्वानों में ही मतभेद हो तो निर्णय कौन करेगा? **~ate** *n* डाक्टर या वाचस्पति की उपाधि

doctor² *vt* & *i* **1** डाक्टर या वाचस्पति (M.D.; Ph. D.; D. Litt., etc) की उपाधि देना, **2** (रोगी का) इलाज करना, to ~ oneself अपना इलाज आप करना, **3** (शराब आदि में) मिलावट करना, **4** (बयान को) गलत रंग में पेश करना

doctrinaire डॉक्ट्रिनेॅअर *n* & *a* **1** पांडित्य प्रदर्शन करने वाला सिद्धान्ती, वास्तविक परिस्थितियों का ख़याल न करते हुए सिद्धान्त को लागू करने वाला, कोरा सिद्धान्तवादी, **2** *a* सैद्धान्तिक, केवल सिद्धान्त पर आधारित, अव्यावहारिक

doctrinal डॉक्ट्रिनल *a* **1** सिद्धान्त का, सिद्धान्त-विषयक, **2** सिद्धान्त पर ज़ोर देने वाला

doctrine डॉक्ट्रिन *n* जो बात या बातें सिखाई जायें, शिक्षा, (धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक) सिद्धान्त, मत, वाद; **doctrinism** डॉक्ट्रिनिज़्म *n* सिद्धान्तों का अन्धानुकरण, सिद्धान्तों का बन्धन; **doctrinist** *n* सिद्धान्त पर जमे रहने वाला, कट्टर सिद्धान्ती

document डॉक्युमन्ट *n* & *vt* प्रलेख या अभिलेख या दस्तावेज़ (जिसे प्रमाण रूप में प्रस्तुत किया जा सके), काग़ज़ात,; *vt* लिखित प्रमाण या अभिलेख पेश करना, लिखित प्रमाणों से सिद्ध करना; **~ed** *a* प्रलेखों से पुष्ट या प्रमाणित; **~ation** *n* प्रलेख

एकत्र या प्रस्तुत करना, प्रलेखन

documentary डॉक्यु्मेन्ट्रि *a* & *n* लिखित प्रमाण पर आधारित, प्रलेख या अभिलेख पर आधारित, दस्तावेजी; *n* वृत्तचित्र, दस्तावेज़ी फ़िल्म (इतिहास, उद्योग धंधों, यात्रा आदि विषयों पर फ़िल्म)

dodder^1 डॉडर *vi* (बुढ़ापे, लकवे, कमज़ोरी आदि के कारण) लड़खड़ाना, डगमगाना [to ~ along]

dodder^2 *n* आकाश बेल, अमर बेल

dodge^1 डॉज *n* **1** पैंतरा, दांव, दांव-पेच, चाल, He is up to all the dodges वह सब पैंतरे या दाँव-पेच जानता है, **2** चकमा, चरका, टालमटोल, वाक्छल, **3** युक्ति, तदबीर

dodge^2 *vi* & *t* **1** हिलना, हिलाना, (पीछा करने वालों, शस्त्र प्रहार आदि से बचने के लिए) कभी इधर कभी उधर हो जाना, पैंतरा बदलना, आड़ में हो जाना, छिपना [He ~d behind a tree]; बचना, वार बचा जाना [to ~ a blow], **3** चकमा देना, चकरा देना, टालमटोल करना; **to dodge a question** प्रश्न टाल जाना; (कर्तव्य आदि से) बचना [to ~ military service]; **~r** डॉजर *n* पैंतरेबाज़, चालाक, काँइयाँ व्यक्ति

dodo डोडो *n* (*pl* -oes,-os) मारीशस द्वीप का विशालकाय पक्षी जो अब लुप्त हो चुका हैं; **as dead as the ~** बिल्कुल लुप्त या अप्रचलित

doe डो *n* (fem. of buck) **1** हिरनी, मृगी, **2** मादा खरगोश

doff डॉफ़ *vt* (टोपी, वस्त्र) उतारना [=do off]

dog^1 डॉग *n* **1** कुत्ता, **2** चिड़चिड़ा या बदमिज़ाज आदमी, निकम्मा आदमी, **3** व्यक्ति, आदमी **lucky ~** खुशकिस्मत आदमी, jolly ~ हँसमुख आदमी, sly ~ काँइयाँ आदमी, **4 top ~** दूसरों पर हुक्म चलाने वाला आदमी; अधिकारवान् आदमी; **underdog** सदा दूसरे के अधीन रहने वाला आदमी, दलित व्यक्ति, **5 ~-days** सख़्त गर्मी के दिन (जून, जुलाई में), **6** (of lathe) दान्तेदार पहिये को अटकाने का पुर्ज़ा, कुत्ता, **7** dog *or* sea-dog क्षितिज पर दिखाई देने वाला प्रकाश जो तूफ़ान की सूचना देता है, **8** *idioms etc:* (1) **to go to the ~s** (*a*) पतित होना, अधोगति को प्राप्त होना, भ्रष्ट होना (*b*) बरबाद होना [His business is going to the ~s], (2) **to throw (sth) to the ~s** बलि देना या चढ़ाना, छोड़ना, त्याग देना [He threw discretion to the ~s], (3) **Every ~ has his day** हर किसी के दिन फिरते हैं, (4) **Love me, love my ~** यदि आप मुझ से मित्रता चाहते हो तो मेरे मित्रों को अपने मित्र समझो, (5) **to rain cats and ~s** (See cat), (6) **to die like a ~, to die a dog's death** कुत्ते की मौत मरना, (7) to help a lame ~ over the stile मुसीबत में मित्र का साथ देना, मित्र को संकट से उबारना, (8) **to lead a dog's life** मुसीबत के दिन काटना, ज़िन्दगी के दिन पूरे करना, (9) **to lead s.o. a dog's life** किसी की जिन्दगी खराब करना, (10) **Give a dog a bad (an ill) name and hang him** कुत्ते को मारना हो तो कह दो कि वह बावला हो गया है, जिस व्यक्ति को हानि पहुंचानी हो उसे बदनाम कर दो, बद अच्छा बदनाम बुरा, (11) **Let sleeping ~s lie** इसे मत छेड़ो; ख़ामख़ाह मुसीबत मोल न लो, (12) **a ~ in the manger** न खुद खा सकना, न दूसरो को खाने देना, ख़ामख़ाह बाधा डालने वाला व्यक्ति, स्वार्थी कुत्ता, **9** *comb:* **~-fight** (*sl*) दो या अधिक विमानों में परस्पर लड़ाई, (लोगों की) भिड़न्त, हुल्लड़; **~-sleep** हल्की और बीच-बीच में टूटने वाली नींद, **~-tired** थक कर चूर

dog^2 *vt* (-gg-) **1** पीछा करना, पीछे लगे रहना, [to ~ s.o., to ~ s.o.'s footsteps], **2** पीछे पड़ना, पीछा न छोड़ना [Sita was dogged by misfortune all her life]

dogged डॉगिड *a* दृढ़ संकल्प वाला, धुन का पक्का, अध्यवसायी, डटा रहने वाला, हठी, आग्रही, ज़िद्दी; **~ness** अध्यवसाय, दृढ़ संकल्प

doggerel डॉग-रल *a* & *n* घटिया (पद्य), बेढंगी या बेतुकी (कविता), तुकबन्दी

doggie, doggy डॉगि *n* **1** छोटा कुत्ता, **2** (child's *colloq*) कुत्ता

doggy डॉगि *a* कुत्ते का; कुत्तों से प्यार करने वाला, कुत्तों का शौकीन

dogma डॉग्मः *n* सिद्धान्त, राद्धान्त, (धर्माचार्यों द्वारा प्रतिपादित) सिद्धान्त या मत, हठपूर्वक स्थापित मत, हठधर्म, हठधर्मी, कट्टरपन

dogmatic डॉग्मैटिक *a* **1** धार्मिक सिद्धान्तों का, सैद्धान्तिक [~ theology], हठधर्मी का, कट्टरता का, **2** (of person) कट्टर, कट्टरपन्थी, अपनी बात मनवाने वाला, निर्णायक मत देने वाला [~ about sth]; (of book) सिद्धान्त निर्धारित करने वाला, सिद्धान्तों का प्रतिपादन करने वाला; सैद्धान्तिक; **~ally** *adv* अधिकारपूर्वक, साग्रह, हठधर्मी से

dogmatism डॉग्-मटिज़्म *n* कट्टरता, हठधर्म, हठधर्मी, हठवाद

dogmatize, -tise डॉग्-मटाइज़ *vt* & *i* **1** दृढ़तापूर्वक (मत) स्थापित या प्रतिपादित या प्रस्तुत करना, **2** *vi* अधिकारपूर्वक बात करना

doldrums डॉल्ड्रम्ज़ *n pl* **1** *geog* शांत कटिबन्ध, विषुवप्रशान्तमंडल, भूमध्यरेखा के आसपास का वह क्षेत्र जहां आकस्मिक हवायें जहाजों के आगे बढ़ने में बाधा डालती है, **2** *fig* निराशा, खिन्नता, उदासी, पस्ती, उत्साहहीनता; **to be in the ~** (i) (of person) उदास या उत्साहहीन होना, (ii) (of ship) आगे न बढ़ पाना, बहुत धीरे-धीरे आगे बढ़ना, (iii) (of business) मन्दा होना

dole डोल *n* & *vt* **1** दान, भिक्षा, ख़ैरात, भोजन-वस्त्र आदि का दान (वि० थोड़ी मात्रा में), **the dole, unemployment ~** बेकार लोगों को सरकार

से मिलने वाली आर्थिक सहायता, बेकारी अनुदान, to be on the ~, to go on the ~ बेकारी अनुदान पाना; *vt* to ~ out (थोड़ा-थोड़ा करके) बाँटना या वितरण करना

dole^{2} *n* (*poet*) 1 शोक, दुःख, रंज, 2 विलाप; **~ful** *a* 1 शोकपूर्ण, करुण, सकरुण, 2 शोकातुर, शोकमग्न; विलाप करता हुआ

doll डॉ`ल *n* गुड़िया, गुड्डा , पुतली, पुतला; (U.S.) **~'s house, ~house** गुड़िया-घर; छोटा सा घर

dollar डॉ`लर *n* अमरीका, कैनेडा आदि देशों का सिक्का; ~ **area** डालर-क्षेत्र (अर्थात् वे सब देश जिनकी मुद्रा अमरीकी डालर से संबद्ध है); ~ **gap** किसी देश द्वारा डालर-क्षेत्र में भेजे गये माल के मूल्य से डालर-क्षेत्र से मंगाये गये माल का मूल्य जितना अधिक हो, (देश की) डालर-देनदारी

dolly डॉ`लि *n* गुड़िया, (esp in *voc*) अरी गुड़िया

dolomite डॉ`ल-माइट *n* एक प्रकार का पत्थर, डोलोमाइट

dolorous डॉ`ल-रेस *a* (*lit or joc*) 1 दुःखदायक, पीड़ाकर, 2 दुःखी, उदास, खिन्न, शोकातुर (see doleful)

dolphin डॉ`ल्फ़िन *n* 1 ह्वेल जाति का थूथनदार जन्तु जो आठ-दस फुट लम्बा होता है, सूंस, 2 (pop) = dorado

dolt डोल्ट *n* , मूर्ख, बुद्धू, गोबर-गणेश

domain डमेन *n* 1 जागीर, जमीन, 2 अधिकारक्षेत्र, प्रशासन-क्षेत्र; राज्य, 3 अधिकारक्षेत्र, कार्यक्षेत्र, क्षेत्र [in the ~ of science etc]

dome डोम *n* & *vt* 1 गुंबद, गुंबज, कलश, 2 मंडप, छतरी, चँदोवा, वितान, 3 (पहाड़ का) गोल शिखर; *vt* गुंबदाकार या कलशाकार बनाना, गुंबदयुक्त या कलशयुक्त बनाना

domestic डमे`स्टिक *a* & *n* 1 घरेलू, गृहसंबंधी, पारिवारिक [~ quarrels], ~ **science** गृहविज्ञान, 2 स्वदेश से संबंधित, घरेलू, भीतरी, आन्तरिक, अन्तर्देशीय [domestic flights], 3 अपने देश में बना,स्वदेशी (माल आदि), 4 पालतू (पशु आदि); *n* (घरेलू) नौकर

domesticate डमे`स्टिकेट *vt* 1 विदेशी व्यक्तियों या जन्तुओं को नये देश के वातावरण के अनुकूल बनाना, 2 (पशु-पक्षियों को) पालतू बनाना, हिलाना, हिला लेना, (जंगली लोगों को) सभ्य बनाना, 3 (व्यक्ति को) घर के काम-काज में दक्ष बनाना, घरेलू जीवन का प्रेमी बनाना [she is not ~d]

domestication *n* (see prec)

domesticity डोमे`स्टिसिटि *n* 1 घरेलूपन, घर से लगाव, 2 गृहस्थ जीवन, गार्हस्थ्य जीवन, पारिवारिक या घरेलू जीवन

domicile डॉ`मिसाइल *n* & *vt* & *i* 1 घर, आवास, रिहाइश, 2 *law* स्थायी निवास स्थान, अधिवास, 3 हुंडी भुनाने का स्थान (जो कि हुँडी में निर्दिष्ट होता है); *vt* & *i* अधिवासी बनाना या बनना, स्थायी रूप से बसाना या बस जाना; **~d** *a* अधिवासी

domiciliary डॉ`मिसिल्यरि *a* आवास-संबंधी, रिहाइश का, ~ **visit** (डाक्टर आदि का) किसी के घर पर जाना

dominance डॉ`मिनन्स 1 प्रधानता, प्रमुखता, प्रभुत्व, प्रबलता, प्राबल्य, सबसे बढ़कर होना

dominant डॉ`मिनन्ट *a* 1 प्रधान, प्रमुख, प्रबल, सबसे बढ़कर, जोरदार, प्रभावशाली, ज़बरदस्त, छाया हुआ, 2 (of heights) दूसरे से ऊंचा [a ~ cliff]

dominate डॉ`मिनेट *vt* & *i* 1 (किसी पर) प्रभुत्व रखना, प्रभुत्व स्थापित करना, शासन करना [A senior officer usually~**s(over)** his juniors], (किसी को) अधिकार में रखना, 2 (of person, power, sound, etc), प्रधान या प्रमुख होना, प्रबल या ज़ोरदार होना, सबसे बढ कर होना, छा जाना, 3 इतना ऊंचा होना कि वहां से कोई स्थान-विशेष स्पष्ट दिखाई दे, The Shankaracharya hill ~s the town of Srinagar]

domination डॉ`मिनेशन *n* आधिपत्य, प्रभुत्व, शासन, हकूमत

domineer डॉ`मिनियर *vi* 1 निरंकुश शासन करना, सख़्ती से शासन करना, मनमानी करना, 2 हुक्म चलाना, धौंस जमाना [to ~ **over s.o.**]; **~ing** *a* निरंकुश, मनमानी करने वाला, रोब जमाने वाला, दबंग

dominion डमिनिअन *n* 1 आधिपत्य, प्रभुत्व, शासन, राज्य, 2 *hist* ब्रिटिश राष्ट्रमंडल के अन्तर्गत स्वशासी देश, उपनिवेश, ~. **status** औपनिवेशिक (राज्य का) पद, उपनिवेश पद

don^{1} डॉ`न *n* 1 स्पेनदेशीय उपाधि जो नाम से पूर्व लगती है (*e.g.* Don Quixote), 2 स्पेनदेशीय भद्रजन, स्पेनवासी, 3 (at Oxford, Cambridge) कालिज या विश्वविद्यालय का अध्यापक या अध्यक्ष

don^{2} *vt arch* (टोपी, वस्त्र) पहनना [=do on]

donate डोनेट *vt* दान देना या करना, प्रदान करना

donation डोनेशन *n* दान, देन, उपहार, (संस्था आदि को दिया जाने वाला) चंदा

donee डोनी *n* दान लेने वाला, आदाता, आदानी

donjon डन्जन *n* (किले का) बड़ा बुर्ज

donkey डॉ`ङ्कि *n* 1 गधा, 2 मूर्ख व्यक्ति, बुद्धू, 3 ~-work कठिन और अरुचिकर काम

donor डोनर *n* 1 (दान) देने वाला, दानी, दाता, 2 रक्तदान करने वाला, रक्त दाता

don't *n* मनाही, निषेध [**do's and don'ts**]

doodle डूडल *n* & *vi* टेढ़ी-मेढ़ी लकीरें (बनाना)

doom^{1} डूम *n* 1 भाग्य (प्रायः दुर्भाग्य), (बुरी) किस्मत, बदकिस्मती, 2 अन्त, विनाश, मृत्यु, काल, मौत (की घड़ी), 3 **the crack of doom, the**

day of doom, the doomsday प्रलय (काल), विनाश का दिन, कयामत, **(from now) till doomsday** सदा के लिए, सदैव

doom² *vt* 1 दंड देना, सज़ा देना, अप्रिय या कठोर कार्य के लिए निर्दिष्ट करना, 2 (in *pass*) बदा होना, **to be ∼d to (do)sth** कुछ करना किसी के भाग्य में बदा होना [He is ∼ed to die; the attempt was ∼ed to failure]

door डॉर *n* 1 द्वार, दरवाज़ा, किवाड़, फाटक, 2 घर, मक़ान, कमरा, he lives next ∼ वह बगल वाले मकान में रहता है, **three ∼s away, off** तीसरे मकान में; **door-to-door** *a* घर-घर जा कर [∼-to-∼ convassing, selling, etc], 3 प्रवेश-मार्ग; निर्गम द्वार, बाहर जाने का रास्ता, **to show s.o. the ∼** किसी को बाहर निकालना, 4 **to open the ∼ to a settlement** समझौते का मार्ग खोल देना, समझौता संभव बनाना, 5 **to close the ∼ upon negotiations etc** बातचीत का रास्ता बन्द कर देना, 6 **to lay a charge at s.o's ∼** किसी को दोषी बताना, किसी पर दोषारोपण करना; (of charge, blame etc) **to lie at s.o.'s ∼** किसी का दोष होना, the fault lies at my ∼ दोष मेरा है, 7 **to be at death's ∼** मरणासन्न होना, 8 **out of ∼s** घर के बाहर, खुली हवा में, 9 **within ∼s** घर के भीतर, घर की चारदीवारी में, to keep within ∼s घर पर (ही) रहना, 10 *comb*: **∼keeper** द्वारपाल, दरवान, **∼mat** पायदान, **∼step** दहलीज, **∼way** वह जगह जहां चौखट लगी होती है, द्वार (स्थान), दरवाज़ा [I stood in the ∼way]

dope डोप *n* & *vt* 1 (विमान-निर्माण में काम आने वाली) वार्निश, रोग़न, 2 *colloq* हानिकर नशीली चीज, मादक द्रव्य, **∼-fiend** मादक द्रव्य का सेवन करने वाला, मादकसेवी, नशेबाज़, 3 जानकारी, सूचना, गुर, इशारा, संवाददाताओं के लिए उपयोगी सूचना, अग्रिम सूचना; *vt* 1 विमान के पंखों पर वार्निश करना, 2 नशीली चीज़ खिलाना, नशीली चीज खिला कर बेहोश कर देना

dorado डराडो *n* एक प्रकार की समुद्री मछली (जो मरते समय कई रंग बदलती है)

dormant डॉर्मन्ट *a* सोया हुआ, सुप्त, (सुप्त व्यक्ति की भांति) निष्क्रिय, (सुप्तावस्था की भांति) अव्यक्त, दबा हुआ, ∼ faculties सुप्त या अव्यक्त शक्तियाँ, to lie ∼ सुप्तावस्था में रहना, निष्क्रिय रहना, दबा रहना

dormitory डॉर्मिट्रि *a* 1 (कई व्यक्तियों के लिये) शयनागार, (छात्रावास में) बड़ा शयनकक्ष, 2 (शहर में जाकर काम करने वालों के लिए शहर के बाहर रहने का) मुहल्ला

dormouse डॉर्माउस *n* (*pl*—mice) चूहे और गिलहरी के बीच का जन्तु जो सर्दियों में सोता रहता है, सोतू चूहा

dorsal डॉर्सल *a* (*anat*) पीठ पर या पीठ के निकट स्थित, पृष्ठस्थ, पीठ का, पृष्ठीय

dosage डोसिज *n* 1 नियत मात्रा में दवा देना, 2 दवा की मात्रा

dose डोस *n* & *vt* 1 दवा की मात्रा (जो एक बार के लिए पर्याप्त होती है), खुराक, 2 *fig*. ∼ of flattery, criticism, punishment, etc (एक अवसर के लिए) पर्याप्त चापलूसी या खुशामद या दण्ड; *vt* 1 दवा देना या पिलाना, खुराक देना या पिलाना, 2 मिलावट करना, (वि० शराब में स्पिरिट मिलाना)

dossier डोॅसियर, डोॅस्ये *n* व्यक्ति का पूर्ववृत्त, पूर्ववृत्त-संबंधी काग़ज़-पत्र; घटना का विवरण; (व्यक्ति या घटना-संबंधी वृत्तान्त का दस्तावेज़, मिसल, फ़ाइल

dot¹ डोॅट *n* 1 बिन्दु, बिन्दी; दशमलव की बिन्दी; धब्बा, चित्ती; **(to arrive) on the dot** ऐन वक़्त या ठीक समय पर (पहुंचना), 2 लघु पदार्थ

dot² *vt* 1 बिन्दु या बिन्दी लगाना, **to dot the i's and cross the t's** लेख से छुटी हुई मात्राएं या का-के-की आदि लिखना, *fig* अर्थ स्पष्ट करना, 3 (in *pass*) बिन्दुओं की भांति इधर-उधर बिखरा हुआ होना, बिन्दुओं की भांति असंख्य पदार्थों से चित्रित या सुशोभित होना [The hillside was ∼ted with huts]; **dotted line** हस्ताक्षर के लिए बिन्दु-रेखा, **to sign on the ∼ted line** (*fig*) निस्सङ्कोच भाव से सहमति व्यक्त करना, पूर्णतः सहमत होना

dotage डोटिज *n* सठियाना, बुढ़भस, बुढ़ापे के कारण दिमागी कमज़ोरी [He is in his ∼]

dotard डोटर्ड *n* बहुत बूढ़ा व्यक्ति, वृद्धावस्था के कारण मन्दबुद्धि मनुष्य, सठियाया हुआ व्यक्ति

dote डोट *vi* 1 (बुढ़ापे के कारण) दिमाग़ कमज़ोर होना, दिमाग़ ठीक न रहना, सठियाना, 2 **to ∼ upon s.o.** किसी के पीछे पागल होना, किसी पर मोहित या लट्टू होना [Dasaratha ∼d **upon** Kaikeyi]

dotty डोॅटि *a* (*colloq*) मन्दबुद्धि, बुद्धू; बेतुका

double¹ डबल *a* & *adv* 1 दुगना, दो गुना, दूना, द्विगुण, दोहरा, I am ∼ your age मेरी आयु तुम से दुगनी है, 2 सन्दिग्ध, द्वयर्थक, दो-मानी, a ∼ compliment प्रशंसासूचक वचन जिससे निन्दा का अर्थ भी निकलता हो, सन्दिग्ध प्रशंसा, 3 कपटपूर्ण, बेईमानी का, ∼ game दोहरी चाल, धोखा, **to play a ∼ game** धोखा करना; *adv* दुगना, दोहरा, दो-दो, **to see double** एक के दो-दो दिखाई देना, to ride ∼ (घोड़े, साइकिल आदि पर) दो-दो सवार होना, to **sleep ∼ (खाट पर) दो-दो सोना**, *comb*: **∼-barrelled gun** दो-नाली बन्दूक, **∼-bedded room** दो के लिए सोने का कमरा, **∼-breasted coat** दोहरी छाती का कोट (जिसमें छाती के दोनों तरफ़ बटन बन्द किये जा सकते हैं), **to ∼-cross** दोनों पक्षों को ठगना; **∼-dealer** *n* व्यक्ति

जो कहे कुछ और करे कुछ, धोखेबाज़; **~-dealing** *n* & *a* (वि० व्यापार में) बेईमानी; *a* बेईमान; **~-edged argument, weapon, etc** पक्ष और विपक्ष दोनों का खंडन करने वाला तर्क, दोरुख़ी दलील; दोनों तरफ़ मार करने वाला शस्त्र, दो-धारा शस्त्र; **~-faced** दो-रुखा, दोहरी चाल चलने वाला, बेईमान, **~-quick** (*a* & *adv*) बहुत जल्दी, बहुत तेज़ी से, अति शीघ्र, **~ standard** किसी के साथ सख़्ती और किसी के साथ नरमी बरतना, दोहरा मानक, **~ talk** दोमानी बात

double^2 *n* **1** दुगनी मात्रा या संख्या, **2** (Tennis) ~s दो जोड़ों के बीच खेल, **3** जोड़ीदार, साथी, साथ वाला, दूसरा, **4 at the ~** दौड़ते हुए **, तेज़ी से**

double^3 *vt* & *i* **1** दुगना करना, दुगना होना, **2** *mil* दौड़ना, **3 to ~ up** मोड़ कर दोहरा करना, तह करना, मुड़ कर या झुक कर दोहरा होना, **4** तेज़ चलना; दौड़ना

double entendre F दूब्लान्तान्द्र *n* द्वयर्थक या दो-मानी बात, ऐसी बात जिसके दो अर्थ निकलें (जिनमें एक प्रायः अश्लील होता है), श्लेष, श्लिष्ट पद या वचन

doublet डब्लिट *n* **1** कुर्ती, सदरी, वास्कट, **2** जोड़े में से एक, एक धातु से निकले दो भिन्नार्थक शब्दों में से कोई एक (*e.g.* fashion & faction, both being derived from the Latin root *facere:* to do, to make), **3** (in *pl*) चौसर के खेल में दो ऐसे पाँसों का पड़ना जिन पर बिन्दियो की संख्या समान हो

doubt^1 डाउट *n* **1** सन्देह, शक, शुबहा, संशय, शंका, अनिश्चय [N.B. The clause depending upon 'doubt' (*n* or *vb*) and 'doubtful' should begin with *whether* or *if*, except when the sentence is *neg* or *interrog*, in which case the dependent clause may begin with *that* e.g. I have my doubts *whether* he will come. There is no doubt *that* he will come. Is there any doubt *that* he will come?] **to cast ~ upon sth** किसी बात को अनिश्चित या संदिग्ध बताना, किसी के विषय में सन्देह पैदा करना, **2** असमंजस, दुविधा, हिचक, **3** निश्चित प्रमाण का अभाव, **to give s.o. the benefit of the doubt** अपराध का निश्चित प्रमाण न मिलने पर किसी को अपराधी ठहराने के बजाय निरपराध मान लेना [see benefit (2)], **4 to have** *or* **make no doubt that...** पूरा विश्वास होना, कोई सन्देह न होना, **5 beyond doubt, without(a)doubt, no doubt** निस्सन्देह, निश्चय ही

doubt^2 *vt* & *i* **1** सन्देह या शक करना, विश्वास न करना, to ~ s.o., to ~ s.o.'s word किसी पर, किसी की बात पर, सन्देह करना, **2** *vi* निश्चय न कर पाना, असमंजस में होना, हिचकना, **3** (esp with *neg*) सन्देह होना [I never ~ed of success; I ~ *whether* he will come]

doubtful *a* **1** (of thing) जिसके विषय में सन्देह हो, संदिग्ध, सन्देहास्पद, अनिश्चित, his character is ~ (संदिग्ध); his coming is ~ (अनिश्चित); it is ~ *whether* he will come, **2** (of person) (i) असमंजस में, हिचकिचाता हुआ, दो-चित्ता, डाँवाँडोल, आगा-पीछा करने वाला, I was still **~ about** speaking to him मैं उससे बात करने में हिचकिचा ही रहा था; (ii) सन्देह करने वाला, **3** अविश्वसनीय, जिस पर भरोसा न किया जा सके [a ~ ally], **4** दो-मानी, गोलमोल; **~ness** *n* **1** संदिग्धता, **2** अनिश्चय, अनिश्चितता, **3** द्वयर्थकता

doubtless *adv* **1** निस्सन्देह, निश्चय ही, **2** *colloq* बहुत संभव है कि, संभवतः, अनुमानतः

douche डूश *n* & *vt* & *i* (*med*) (शरीर के बाहरी या भीतरी अङ्ग को) धोने के लिए) जल की तेज़ धारा; (धोने के लिए) पिचकारी; पिचकारी से धोना, डूश; भीतर से धोना, वस्तिकर्म

dough डो *n* **1** गुंधा आटा, सना आटा, **2** लेई, **3** *sl* रुपया-पैसा, धन; **~nut** वलयाकार मीठा केक, डोनट

doughty डाउटि *a* **1** (*arch* or *joc*) बहादुर, शूरवीर, तगड़ा, हट्टा-कट्टा (a ~ warrior), **2** वीरतापूर्ण (~ deeds), भयानक

dour डुअर *a* **1** सख़्त, उग्र, तीखे स्वभाव का, रूखा, **2** हठी, ज़िद्दी; **~ly** उग्रता से; **~ness** उग्रता

douse, dowse डाउस *vt* (*naut*) **1** (पाल को) उतारना, झुकाना, नीचा करना, **2** (मोखा) बन्द करना, **3** (रोशनी) बुझाना

dove डव *n* **1** कबूतर जाति का पक्षी, पेंडुकी, फ़ाख़्ता, **2** = **Holy Spirit** (see spirit *n*), **3** भलमनसत का नमूना या प्रतिरूप, भलामानस, निष्पाप व्यक्ति, **4** *polit* युद्ध के बजाय सन्धिवार्ता का समर्थक; **dovecot(e)** *n* कबूतरखाना, दरबा, to flutter the ~cotes शरीफ़ लोगों को चौकाना या आतंकित करना

dovetail डवटेल *n* & *vt* & *i* **1** चूल; *vt* चूल बैठाना, जोड़ से जोड़ मिलाना, ठीक बिठाना; *fig* तालमेल करना, समन्वित करना या होना, सामंजस्य स्थापित करना [Dovetail the two plans; My plan ~ed with his]

dowager डाउइजर *n* विधवा जिसे दिवंगत पति की उपाधि या जायदाद मिली हो, **Queen ~** राजमाता

dowdy डाउडि *n* & *a* (स्त्री) जिसने भद्दे; मैले-कुचैले और फटे-पुराने कपड़े पहने हो; *a* (of dress etc) भद्दा, मैला-कुचेला, फटा-पुराना

dowel डाउअल *n* & *vt* (-ll-) (लकड़ी, पत्थर आदि के दो खण्डों को जोड़ने वाली) लकड़ी या धातु की मेख, गुज्झा, गुज्जी; *vt* मेख से जोड़ना

dower डाउअर *n* & *vt* **1** दिवंगत पति की जायदाद

में विधवा का भाग, विधवा-धन, विधवादाय, 2 दहेज, 3 प्रकृति की देन, नैसर्गिक संपत्ति, गुण, प्रतिभा; *vt* दहेज देना, प्रतिभा आदि से संपन्न करना

down^1 डाउन *n* 1 मिट्टी या रेत का टीला, 2 वृक्षरहित टीला, (in *pl*) the South Downs दक्षिण इंग्लैंड में खड़िया मिट्टी की ऊंची-नीची पहाड़ियां जो चरागाह का काम देती हैं

down^2 *n* 1 पक्षि-शावकों का सब से पहले उगने वाला रोयाँ, 2 पक्षियों के निचले छोटे-छोटे पंख जो तकियों में भरे जाते हैं, 3 (युवा के मुख पर के) छोटे-छोटे नरम बाल, रोम, रोयाँ, 4 रोयेंदार चीज

down^3 *adv* 1 (*denoting motion*) (ऊपर से नीचे की ओर गति सूचित करने में) Come ~ नीचे आओ, उतरो; the sun goes ~ (डूबता है); cash down, money down तुरन्त अदायगी, नकद अदायगी, 2 *ellipt for imper of 'lie', 'get', 'put', etc*) D~ with the traitors=put ~ the traitors गद्दारों को ख़त्म करो, गद्दारों का नाश हो, 3 (*denoting position*) निम्न स्थान में स्थित, नीचे, the blinds are ~; the curtains are ~ पर्दे गिरे हुए हैं; is ~ with fever बुखार से (बिस्तर पर) पड़ा है; ज्वरग्रस्त है; **down south** दक्षिण (प्रदेश) में, 4 (*denoting order, time, quality*) आरंभ से लेकर अन्त तक, बड़े से लेकर छोटे तक, a custom handed ~ प्राचीन काल से चली आई प्रथा, परम्परागत प्रथा, from secretary ~ to clerk सचिव से लेकर क्लर्क तक, 5 *idioms:* **to be ~ in the mouth** (*colloq*) निराश या हतोत्साह होना, **to be ~ on s.o.** किसी पर झपटना या टूट पड़ना, किसी को डांटना, **to be ~ and out** हार जाना, फिर मुकाबला करने के योग्य न रहना, बरबाद हो जाना, **~ to the ground** (*colloq*) पूर्णतया, **~-to-earth** वास्तविक, यथार्थ, व्यावहारिक, (of person) वास्तविकताप्रिय, यथार्थवादी

down^4 *prep,* 1 down the river नदी के बहाव के साथ-साथ, situated down the Yamuna यमुना के निचले भाग में स्थित, 2 to go ~ a hill पहाड़ी पर से उतरना; **down town** (आसपास के इलाकों से या आसपास की पहाड़ियों से उतर कर) नगर में, 3 **up and down** एक सिरे से दूसरे सिरे तक, इधर से उधर तक, इधर-उधर

down^5 *a* (*superl.* **~most**), **~ grade** (सड़क की) ढाल, उतार; *fig* अवनति, अपकर्ष; **~ payment** तत्काल नकद अदायगी; **~ train** प्रधान केन्द्र से चलने वाली गाड़ी; डाउन गाड़ी; **~ platform** डाउन गाड़ी का प्लेटफ़ार्म

down^6 *vt* (*colloq*) 1 to down s.o. किसी को मार गिराना, धराशायी करना [our anti-aircraft guns downed two enemy jets], 2 **to ~ tools** औज़ार रख देना, काम बंद कर देना, हड़ताल करना

down^7 *n* 1 अवनति, अपकर्ष; नीची जगह, **ups and downs** ऊंची-नीची जगहें; the ups and ~s of life भाग्य का उलट-फेर, अच्छे और बुरे दिन, संपत्ति और विपत्ति, जीवन का उत्कर्ष और अपकर्ष

downcast डाउन्कास्ट *a* 1 (of person) उदास, खिन्न, हताश, निराश, हतोत्साह, 2 ~ looks, eyes नीची नजर, झुकी हुई निगाहें

downfall *n* 1 पतन, विनाश, अवनति, बरबादी, तबाही, हार, पराजय, 2 भारी वर्षा या हिमपात

downhill डाउन्हिल *n, a, adv* 1 पहाड़ी की उतराई या ढलान, ~ of life जीवन का उत्तरार्द्ध, ढलती उम्र; *a* पहाड़ी से नीचे जाने वाला [downhill road]; (*adv*) to go ~ पहाड़ी पर से उतारना, नीचे जाना

Downing Street *n* लंदन की सड़क जिस पर कई सरकारी कार्यालय स्थित हैं; ब्रिटिश सरकार; **Number 10 Downing Street** ब्रिटिश प्रधानमन्त्री की सरकारी कोठी

downpour डाउन्पॉर *n* झड़ी, मूसलाधार वर्षा

downright *a & adv* 1 (of person, lang) सीधा, निश्चित, साफ़, स्पष्ट, खरा, बेलाग, खरी खरी कहने वाला, सरासर, एक दम, a ~ no साफ़ ना, a ~ lie साफ़ झूठ, सरासर झूठ; *adv* पूर्णतया, सर्वथा, सरासर, एक दम, बिल्कुल, ~ insolent एकदम गुस्ताख़

downstairs *n, a & adv* निचली मंज़िल (का); निचली मंज़िल पर स्थित; *adv* निचली मंज़िल पर, सीढ़ियों के नीचे (की ओर) he lives ~; is going ~; *with or without 's' used as adj:* the ~(s) flat

downtown *n* नगर का मध्य भाग, नगर का व्यापारिक केन्द्र

downtrodden *a* पद-दलित, पीड़ित, उत्पीड़ित, सताया हुआ

downward *a & adv*, **downwards**, *adv* अधोमुखी, नीचे की ओर (संकेत करने वाला, जाने वाला), नीचे

downy^1 डाउनि *a* खड़िया मिट्टी की पहाड़ियों का (या जैसा)

downy^2 *a* रोएँदार, रोएँ की तरह कोमल, नरम, मुलायम

dowry डाउअरि *n* 1 दहेज, यौतुक, 2 नैसर्गिक गुण, प्रतिभा

dowse डाउज *vi* भूगत जल या खनिज का पता लगाना; **dowsing rod** इस काम में आने वाली छड़ी, अन्वेषण-दण्ड

doyen डॉइअन *n* 1 किसी सभा या संस्था का प्रधान पुरुष, मुखिया, नायक, सरदार, 2 किसी राजधानी में स्थित राजदूतों में से वरिष्ठ, वरिष्ठ राजनायिक, ज्येष्ठ सदस्य

doze डोज़ *vi & n* झपकी लेना, ऊंघना, to ~

off ऊँघते-ऊँघते सो जाना, थोड़ी देर के लिए सो जाना; *n* ऊँघ, झपकी, हल्की नींद [to have a ~]

dozen डज़न *n* 1 बारह, दर्जन, N.B. *pl* is *dozen*, when used as *adj* or noun with numeral or equivalent, except *some*. *e.g.* three ~ eggs; several ~ eggs; how many ~ eggs? *But*, some ~s of people कई दर्जन लोग, दर्जनों लोग; (when some=about) some ~ (of) people दर्जन भर या लगभग दर्जन लोग, 2 (*without numeral*): ~s of times दर्जनों बार, बहुत बार, 3 (*pl* ~s): pack them in ~s दर्जन-दर्जन के बंडल बाँध दो, 4 **baker's, devil's, long,** ~ तेरह, 5 **to talk nineteen to the** ~ लगातार बोलते जाना

drab *n* & *a* 1 बादामी रंग (का), 2 नीरसता; नीरस, फीका, बेमज़ा [a ~ existence]

drabble ड्रैबल *vi* & *t* 1 पानी या कीचड़ में से छप-छप करते जाना, छींटे उड़ाते जाना, 2 *vt* कीचड़ के छींटे डालना

drachm ड्रैम *n* (द्रव औषध की मात्रा=) औंस का सोलहवां भाग; तनिक मात्रा

Draconian ड्रेकोनिअन, **Draconic** 'ड्रेकों'निक *a* (of laws) कड़ा, सख्त, कठोर, उग्र, क्रूरतापूर्ण [Drakon: Athenian legislator *c* 621 B.C.]

draft^1 ड्राफ़्ट *n* (see foll) 1 विशेष काम पर भेजी जाने वाली सैनिक टुकड़ी, कुमक, 2 (Banking) ड्राफ़्ट, हुंडी; बैंक से रुपया निकालना, 3 (*fig*) to make a ~ **on** s.o.'s friendship, confidence, etc. किसी की मित्रता, विश्वसनीयता आदि को आज़माना, 4 मसौदा, प्रारूप, 5 (इमारत आदि का) नक्शा, रूपरेखा

draft^2 *vt* 1 (सेना आदि समुदाय के किसी भाग को) विशेष काम के लिए अलग करना, सेना की टुकड़ी को विशेष काम पर भेजना, to ~ s.o. **to** a post किसी को किसी पद के लिए चुनना या मनोनीत करना या पद पर नियुक्त करना, 2 (विधेयक, दस्तावेज़ आदि का) मसौदा बनाना, प्रारूप बनाना

draftsman *n* 1 नक्शानवीस (also draughtsman), 2 (विधेयक, दस्तावेज़ आदि का) मसौदा तैयार करने वाला, प्रारूपकार; ~**ship** *n* नक्शानवीसी; प्रारूपकारिता

drag^1 ड्रैग *vt* & *i* (-gg-) 1 घसीटना, घिसटना, (ज़ोर लगाकर) खींचना, खिचना, 2 (of ship) **to** ~ **her anchor** लंगर को खींच ले जाना (अर्थात् लंगर का जम न पाना), 3 (of lawsuit) लंबा होना, बहुत समय लगना, 4 **to** ~ **one's feet** *or* **heels** जान-बूझ कर धीरे चलना; *fig* (बेदिली से और) धीरे-धीरे कार्यवाही करना [The govt. is ~ging its feet], 5 (of performance) नीरस हो जाना, 6 to ~ **in** (a subject) बातचीत में कोई (अप्रासंगिक) विषय ख़ामख़ाह ले आना या छेड़ना, 7 to ~ **on** (थके हुए व्यक्ति की भाँति) धीरे-धीरे चलते रहना, 8 **to** ~ **out** a wretched existence ज़िन्दगी के दिन पूरे करना

drag^2 *n* 1 खेत में मिट्टी चूर करने का औज़ार, हेंगा, पाटा, 2 (also drag-net) बहुत सी मछलियां पकड़ने के लिए नदी-तल में बिछाने का बड़ा जाल, महाजाल, 4 (डूबते हुए व्यक्ति आदि को निकालने के लिए) कांटा, 5 उतराई पर गाड़ी की गति धीमी करने का यन्त्र, रोक, कुत्ता, 6 *fig* रोक, रुकावट, विघ्न, बाधा, प्रगति को रोकने वाली चीज़, धीमी प्रगति, 7 **to be a** ~ **on s.o.** किसी के लिए बाधास्वरूप या भारस्वरूप होना [His wife is a ~ on him]

dragée ड्राश्ज़े *n* मीठी गोली या टिकिया चीनी चढ़ा बादाम

draggle ड्रैगल *vt* & *i* 1 पोशाक को लापरवाही से घसीट कर गीला या मैला करना, लथेड़ना, 2 *vi* पीछे-पीछे आना, पीछे रह जाना, घिसटना

dragoman ड्रैग-मन *n* दुभाषिया, गाइड (वि० अरबी या फ़ारसी-भाषी देशों में)

dragon ड्रैगन *n* 1 मगरमच्छ या अजगर के आकार का पंखयुक्त बृहत्काय काल्पनिक प्राणी (जिसके मुंह से ज्वाला निकलती है), गोधा, 2 (पाश्चात्य. पौराणिक कथाओं के अनुसार) खज़ाने का रखवाला, नारियों के सतीत्व का रक्षक, 3 चौकस या चौकन्ना व्यक्ति, 4 कुंआरी लड़कियों के साथ-साथ रहने वाली वृद्ध-संरक्षिका, 5 the(old)D~ शैतान

dragonnade ड्रैगनेड *n* & *vt* घोर अत्याचार (करना)

dragoon ड्रगून *n* & *vt* 1 घुड़सवार सैनिक, 2 भीषण व्यक्ति, खूंखार आदमी; *vt* किसी के पीछे सैनिक लगा देना, किसी पर सैनिक छोड़ कर अत्याचार करना

drain^1 ड्रेन *vt* & *i* 1 **to** ~ **(off, away)** (पानी आदि द्रव पदार्थ को) नाली के द्वारा निकालना, 2 *fig* to ~ a country **of** wealth, to ~ the wealth **of** a country देश का रुपया-पैसा खींच ले जाना, देश को चूस लेना, 3 पूरा पी जाना, (बर्तन) खाली कर देना, 4 पानी निकाल कर इलाके को सुखा देना, 5 (of river) इलाके का फ़ालतू पानी बहा ले जाना, 6 (व्यक्ति की) शक्ति चूस लेना, निर्बल कर देना, संपत्ति हड़पना, 7 *vi* (of water, wet cloth, etc) टपकना, निचुड़ना, बह जाना

drain^2 *n* 1 पानी के निकास की नाली, निकास-नाली, नाली, मोरी, परनाला, to throw money **down the drain** बेकार कामों पर रुपया बरबाद करना [The money goes down the ~], 2 निरन्तर खर्च [it is a great ~ **on** my resources], 3 **brain drain** इंजीनियरों, डाक्टरों आदि विशेषज्ञों का निरन्तर प्रवास; ~**-pipe** निकास-नाली में लगने वाला पाइप, निकास-पाइप; ~**-pipes** (*colloq*) तंग पतलून

drainage ड्रेनिज *n* 1 पानी का निकास, जल-

निकास, 2 (जल निकास के लिए) नाले-नालियां, 3 नाले-नालियों का गंदा पानी

drake ड्रेक *n* नर बत्तख़ to play ducks and ~s (see duck)

dram ड्रैम *n* (=drachm)

drama ड्रामः *n* 1 नाटक, रूपक, नाट्य, 2 the ~ नाट्यकला, नाट्यशास्त्र, रंगमंच, 3 नाटकीय घटनाएं, नाटक

dramatic ड्रमैटिक *a* नाटक का, नाटक-संबंधी, नाटकीय, नाटकीय ढंग का, आकस्मिक एवं आश्चर्यजनक [~ changes in the international situation]

dramatis personae L ड्रैमटिस पर्सोनी *n pl* नाटक के पात्र, पात्र सूची

dramatist ड्रैमटिस्ट *n* नाटककार

dramatization ड्रैमटाइज़ेशन *n* नाटकीकरण, नाटक का रूप देना

dramatize ड्रैम-टाइज़ *vt* & *i* 1 (उपन्यास आदि को) नाटक का रूप देना, नाट्यरूपान्तर करना; *vi* (उपन्यास का) नाट्यरूपान्तर हो सकना, 2 नाटकीय ढंग से काम करना

dramaturge ड्रैम-टर्ज *n* नाटककार, रूपककार; **dramaturgy** ड्रैमटर्जि *n* नाट्यशास्त्र, नाट्यकला

drape ड्रेप *vt* 1 कपड़े या कपड़ों से ढकना, वस्त्र या पोशाक पहनाना, 2 पर्दे लटकाना, पर्दों से सुसज्जित करना; ~r *n* कपड़े का व्यापारी, वज़ाज़, वस्त्र-विक्रेता

drapery ड्रेपरि *n* 1 (सब प्रकार का) कपड़ा, वस्त्र, पर्दे, 2 कपड़े का व्यापार, वस्त्रव्यापार, बज़ाज़ी, 3 *sculp* (मूर्त्तियों का) वस्त्र-विन्यास (अर्थात् मूर्त्ति तराशने में उसकी पोशाक को स्वाभाविक ढंग से दिखाना)

drastic ड्रैस्टिक, ड्रास्टिक *a* 1 सख़्त, कड़ा, कठोर, उग्र, तीक्ष्ण, प्रचंड, प्रबल, ज़ोरदार, जबरदस्त [to take ~ measures, steps, etc], 2 *med* तेज़ (जुलाब, औषध), **~ally** सख़्ती या कड़ाई से

draught ड्राफ़्ट *n* & *vt* 1 खिंचाव, (गाड़ी) खींचना, (हल) चलाना, (भार) ढोना, ~ **animal** भारवाही पशु, लद्दू जानवर, हल चलाने वाला जानवर; ~ horse गाड़ी में जुतने वाला घोड़ा, 2 घूंट, **at a** ~ एक घूंट में, 3 द्रव औषध की एक ख़ुराक, 4 (*naut*) जहाज़ के तैरने के लिए पानी की अपेक्षित गहराई, डुबाव, 5 झोंका, हवा का झोंका, वायु-प्रवाह, 6 नक्शा (also draft), 7 प्रारूप, मसौदा (also draft); *vt* नक्शा बनाना, रूपरेखा तैयार करना (also draft)

draughtsman ड्राफ़्ट्स्-मन *n* नक्शानवीस; ~**ship** *n* नक्शानवीसी

draughty ड्राफ़्टि *a* बहुत हवादार, जहां हवा के तेज़ झोंके आते हों

draw^{1} ड्रॉ *vt* & *i* (drew, drawn) 1 खींचना, घसीटना, to ~ the plough, cart, etc हल खींचना या चलाना, गाड़ी खींचना, गाड़ी में जुतना, to ~ the curtains, blinds, etc पर्दा गिराना, 2 आकर्षित करना, to ~ a crowd, crowds, etc बहुत लोगों को इकट्ठा कर लेना, the exhibition ~s large crowds प्रदर्शनी देखने बहुत लोग आते हैं, **to** ~ **s.o.**'s attention किसी का ध्यान आकर्षित करना, ध्यान दिलाना; I feel ~n to him मेरा उसके साथ स्नेह या लगाव हो गया है, to ~ customers गाहकों को आकर्षित करना, to ~ ruin upon oneself बरबादी मोल लेना, 3 निकालना, उखाड़ना, to ~ a cork, tooth; to ~ cricket stumps etc कार्क या दान्त निकालना, विकेट उखाड़ना, to ~ (lots) for a prize इनाम के लिए पर्ची डालना या निकालना, **to** ~ **(a) blank** कुछ न मिलना या पाना, कुछ हाथ न आना या लगना, (*hunt*) कोई शिकार हाथ न लगना (also see blank), to ~ inspiration प्रेरणा मिलना, **to** ~ a person (out) किसी से उसके दिल की बात कहला लेना, (चालाकी से) सूचना या रहस्य मालूम कर लेना, to ~ a conclusion नतीजा या परिणाम या निष्कर्ष निकालना, नतीजे या परिणाम या निष्कर्ष पर पहुंचना, to ~ a moral from a story कहानी से शिक्षा मिलना, **to** ~ **it mild** अत्युक्ति न करना, संयत भाषा का प्रयोग करना, 4 लिखना, चित्र बनाना आदि; to ~ a map, picture नक्शा बनाना, चित्र खींचना या बनाना, **to** ~ **the line (at)** सीमा निर्धारित करना, किसी स्थान से आगे बढ़ने या किसी काम से अधिक करने से इन्कार करना, to ~ a cheque चैक पाने वाले का नाम और धन-राशि आदि लिखना, चैक काटना, to ~ up a document, deed, etc दस्तावेज़ का मसौदा तैयार करना, 5 (*misc*) The ship ~s twenty feet of water जहाज़ को तैरने के लिए कम से कम बीस फुट की गहराई चाहिए, to ~ a game, battle, etc खेल या युद्ध में दोनों पक्षों का बराबर रहना, किसी की हार-जीत न होना [India ~s with Pakistan], 6 (*vi*) **to** ~ **back** पीछे हटना, हाथ खींचना, to ~ near निकट आना [The examination is ~ing **near**]; to ~ to an end, a close ख़त्म होने को होना [The holidays are ~ing to a close], the day is ~ing in दिन ढल रहा है, the days are ~ing **in** दिन छोटे हो रहे हैं, the days are ~ing **out** दिन बड़े हो रहे हैं, to ~ **up** (usu in *pass*) (सैनिकों आदि का) क़तार में खड़े होना

draw^{2} *n* 1 आकर्षण, वह चीज़ जो गाहकों को आकर्षित करे, the exhibition is a great ~ प्रदर्शनी देखने बहुत लोग आते हैं, 2 लाटरी (निकालना), तम्बोला, 3 बराबर का मैच या मुकाबला [The game was a ~, ended in a ~ = it was a ~n game]

drawback ड्रॉबैक *n* 1 त्रुटि, दोष, कमी, ख़राबी, नुक्स, असुविधा, कठिनाई, 2 कटौती, 3 आयात के माल को निर्यात करने पर आयात-कर की वापसी, चुंगी-वापसी

drawbridge ड्रॉब्रिज *n* उठाऊ पुल, चलसेतु

drawee ड्रॉई *n* बिल या चैक या ड्राफ़्ट का भुगतान करने वाला, चुकाने वाला, अदाकर्ता

drawer ड्रॉअर *n* (see draw^{1}, 4) 1 चैक काटने वाला, 2 (अलमारी या मेज़ की) दराज़, in *pl* (pair of) drawers जांघिया

drawing ड्रॉइङ्ग *n* चित्र, रेखा-चित्र; चित्रकला, आलेखन; आरेखन; **~-board** आलेख-पट्ट; still on the ~-board जिसकी योजना अभी बन रही हो; विचारावस्था में

drawing-room ड्रॉइङ्ग्-रूम *n* 1 बैठक, वैठक-ख़ाना, 2 दरबार-भवन, राजदरबार का स्वागत-कक्ष

drawl ड्रॉल *vi* & *t* & *n* जान बूझ कर रुक-रुक के बोलना, शब्दों को लंबा कर के बोलना, चबा-चबा कर बात करना [to ~ out sth]; *n* चबा-चबा कर की गई बात

draw-well *n* डोल और रस्सी सहित गहरा कुआँ

dray ड्रे *n* ठेला; **~-horse** ठेले का (तगड़ा) घोड़ा

dread^{1} ड्रे`ड *vt* & *n* (किसी बात या वस्तु या व्यक्ति से) बहुत डरना, भय खाना [to ~ to do sth]; *n* 1 भय, डर, आतंक, आशंका, दबदबा, 2 वस्तु या व्यक्ति जिससे डर लगे, भयानक वस्तु, विकराल व्यक्ति, रोब वाला व्यक्ति

dread^{2} *a* भयानक, भयङ्कर, भयावह, भैरव, भीषण, डरावना

dreadful *a* 1 भयानक, भयङ्कर (see dread), 2 दुःखदायी, अप्रिय, बहुत ख़राब, बहुत लम्बा, उबाने वाला, रोंगटे खड़े करने वाला, विकराल

dream^{1} ड्रीम *n* 1 स्वप्न, सपना, स्वप्नावस्था, 2 हवाई किला, ख़्याली पुलाव, कल्पना-मात्र, कोरी कल्पना, 3 आदर्श वस्तु (जैसा कि स्वप्न में ही मिल सकती है), अति सुन्दर, बहुत अच्छा, it's a ~ of a house यह बहुत सुन्दर मकान है, 4 day-~ ख़्याली पुलाव, 5 **waking ~** दिवा स्वप्न, **~-world, dream-land** स्वप्नलोक, स्वप्नजगत्, **~-reader** स्वप्न की व्याख्या करने वाला

dream^{2} *vi* & *t* (dreamt, *or* ~ed) 1 स्वप्न देखना, सपने में देखना [to dream **of, about,** sth], 2 ख़्याली पुलाव पकाना; खाली बैठे रहना, 3 *vt* सोचना, कल्पना करना [He never ~t that he would fail], 4 to ~ away one's time कोरी कल्पनाओं में समय गँवाना; **~er** *n* स्वप्न देखने वाला, स्वप्नद्रष्टा, ख़्याली पुलाव पकाने वाला, शेख चिल्ली

dreamlike *a* स्वप्नवत्, स्वप्नसदृश, स्वप्निल; धुंधला, अस्पष्ट

dreamy ड्रीमि *a* 1 स्वप्न देखने वाला, शेख चिल्ली-जैसा, कल्पनाशील, अव्यावहारिक, 2 (of thgs, experiences) = dreamlike

dreary ड्रियरि *a* 1 (of place) सुनसान, सूना, निर्जन, अन्धकारमय, 2 (of book, discourse) नीरस, शुष्क, बेमज़ा, उकताने वाला, 3 उदास करने वाला

dredge^{1} ड्रे`ज *n* & *vt* & *i* नदी या समुद्र-तल से सीप, मछली या कीचड़ निकालने का यन्त्र, ड्रेज; *vt* ड्रेज द्वारा नदी या बन्दरगाह से कीचड़ निकालना, नदी या बन्दरगाह को साफ़ करना; *vi* ड्रेज़ का प्रयोग करना

dredge^{2} *vt* (cooking) (वस्तु पर) आटा या कोई और चूर्ण छिड़कना, बुरकना, भुरभुराना

dredger ड्रे`जर *n* 1 = dredge^{1}, 2 नमक, चीनी, आटा आदि छिड़कने की छिद्रयुक्त डिबिया

dreg ड्रे`ग *n* (usu in *pl*) 1 तलछट, उच्छिष्ट, **to drink (the cup) to the ~s** सारा प्याला पी जाना, बून्द तक न छोड़ना, 2 निकम्मा या निस्सार अंश, 3 (in *sing*) बचा हुआ एक कण, बची हुई एक बून्द [not a ~]

drench^{1} ड्रेन्च *n* 1 (पशुओं को दी जाने वाली) दवाई की मात्रा, 2 मूसलाधार वर्षा

drench^{2} *vt* 1 (पशु को) दवाई पिलाना, 2 भिगोना, गीला करना, तर करना, सराबोर करना [to be ~ed with rain; to be ~ed to the skin]

dress^{1} ड्रे`स *vt* & *i* 1 कपड़े पहनना या पहनाना, पोशाक पहनना, सजाना, शृंगार करना, 2 to ~ the window (गाहकों को आकर्षित करने के लिए) खिड़की में बिक्री की चीज़ें सजाना, 3 to ~ a ship जहाज़ को झंडों से सजाना, 4 *mil* (सैनिकों को) सीधी पंक्ति में खड़ा करना या लाना, (सैनिकों का) सीधी पंक्ति में खड़ा होना, 5 (घायल की) मरहम-पट्टी करना, (घाव पर) पट्टी बांधना, 6 to ~ one's (s.o.'s) hair अपने (या किसी के) बाल सँवारना, कंघी करना, बुर्श करना, 7 (घोड़े को) खरहरा करना, 8 (*fig*) **to dress** s.o. **down** पीटना, डांटना, डांट पिलाना, झिड़कना, ख़बर लेना (also see dressing-down), 9 (कारखाने में) कपड़े को मुलायम करना, इमारती पत्थर को रगड़ के मुलायम करना, 10 खाना पकाना, 11 (पौधों की) काट-छाँट करना

dress^{2} *n* 1 वस्त्र, कपड़े, पोशाक, लिबास, परिधान, पहनावा, पहरावा, वेश, वेशभूषा, वर्दी, morning ~ (घर पर पहनने की) साधारण पोशाक, evening ~ *or* dress (शाम को पार्टियों आदि में जाने की) पूरी पोशाक, पूरी वेश-भूषा, ~ circle थियेटर में दर्शकों के लिए पहली गैलरी (जहां पहले-पहल दर्शक 'evening dress' पहन के आते थे), **~ rehearsal** पूरी वेशभूषा के साथ किया जाने वाला पूर्वाभ्यास, वेशसहित पूर्वाभ्यास

dresser^{1} ड्रे`सर *n* रसोई की मेज़ (जिस पर प्लेटें, प्याले आदि रखने के ख़ाने होते हैं)

dresser^{2} *n* 1 मरहमपट्टी करने वाला, 2 अभिनेताओं की वेश-भूषा करने वाला, प्रसाधक

dressing *n* 1 पोशाक पहनना, 2 मरहम-पट्टी (करना), 3 (खेती में दी गई) खाद, 4 (भोजन के लिए) नमक-मिर्च, मसाले, चटनी आदि, 5 *comb*: **~ down** (see dress^{1}, 8) डाँट-फटकार [He gave me a good ~ down], **~-room** कपड़े पहनने या बदलने का कमरा, *theatr* प्रसाधनकक्ष; साजघर; **~-table** शृंगार-मेज

dressy ड्रे॑सि *a* 1 वेश-भूषा का शौकीन; बना-ठना, 2 *fig* जिसमें बहुत ब्योरा हो, अतिविस्तारमय

dribble ड्रिबल *vi & t & n* 1 टपकना, टपकाना, बूंद बूंद कर के चूना या चुआना, 2 (छोटे बच्चे का) लार टपकना या बहना, 3 (football, hockey, etc) गेंद को थोड़ा-थोड़ा करके आगे ले जाना; *n* 1 टपक, टपका-टपकी, 2 क्षीण धारा

driblet ड्रिब्लिट *n* थोड़ी मात्रा, थोड़ी रकम, कण, बूंद, कतरा, by ~s थोड़ी-थोड़ी मात्रा में, बूंद-बूंद, कतरा-कतरा

dribs and drabs *n pl* थोड़ी-थोड़ी मात्राएं या रकमें [He repaid the loan in dribs and drabs]

drift ड्रिफ़्ट *n* 1 बहाव, प्रवाह, धारा, 2 प्रवाह के साथ बहना, स्वयं कुछ न करना, निष्क्रियता, **the policy of ~** 'जो होता है होने दो' की नीति, 3 (धारा का) रुख़, रुझान, प्रवृत्ति, 4 (किसी व्यक्ति या उसकी बात का) अभिप्राय, तात्पर्य, आशय, भाव, मतलब, मंशा [I caught the ~ of what he said], 5 तेज़ झोंका, बौछार, थपेड़ा, 6 (हवा के झोंकों से) राशीभूत बर्फ़ या रेत, बर्फ़ या रेत का ढेर, 7 नदी में बहकर आई चीज़, **~-wood** बहती लकड़ी, बहकर आई लकड़ी

drift^{2} *vi & t* 1 बहना, बह जाना, बहते जाना, to ~ with the current प्रवाह या बहाव के साथ बहना, 2 to let oneself ~; to let things ~ 'जो होता है होने दो' की नीति अपनाना, 3 निरुद्देश्य घूमना, 4 (of current) बहा कर ले जाना, 5 (of wind) बर्फ़, रेत आदि (को उड़ा कर एक जगह पर उन) का ढेर लगा देना, 6 (of snow, sand) ढेर लग जाना, 7 (खेत, सड़क आदि को) बर्फ़ या रेत से ढक देना

drill^{1} ड्रिल *n* 1 छेद करने का औज़ार, बर्मा, 2 सैनिक (विन्यास का) अभ्यास, कवायद, ड्रिल, ~ sergeant ड्रिल (कराने वाला) सारजन्ट, 3 दोहराना, अभ्यास, आवृत्ति, 4 *fig* कड़ा अनुशासन, 5 दिन-प्रतिदिन का वही काम; ठीक वही नित्यचर्या

drill^{2} *vt & i* 1 बर्मे से छेद करना [to drill a hole], 2 सैनिक अभ्यास करना या कराना, कवायद या ड्रिल करना या कराना, 3 शिक्षा देना, सिखाना, अभ्यास कराना या करना, बार-बार पाठ कराना या करना [D~ him in English spelling]

drink^{1} ड्रिन्क *vt & i* (drank, drunk) 1 पीना, शराब पीना, to ~ **off**, **up** सारा पी जाना, चढ़ा जाना, 2 (*fig*) **to ~ in** (किसी के वचनों को) आनन्दपूर्वक सुनना [Arjuna drank in the words of the Lord]; (कोई दृश्य) ध्यानपूर्वक देखना और आनन्दविभोर होना, 3 to ~ the cup of joy हर्षोल्लास अनुभव करना, 4 **to ~ deep** बड़े बड़े घूंट पीना, बहुत (शराब) पीना, 5 **to ~ hard, heavily**; **to ~ like a fish** बहुत शराब पीना, पियक्कड़ होना, **to drink (to) s.o.'s health, to ~ (to) the health of s.o.** किसी के स्वास्थ्य की कामना करते हुए मदिरा पीना; 6 **~ing water** पीने का पानी; **~able** पीने योग्य, पेय

drink^{2} *n* पीने की चीज़, पेय, पान, strong ~ शराब, मद्य, मदिरा, soft ~ शरबत, to be under the influence of ~ नशे में होना

drip^{1} ड्रिप *vi & t* 1 टपकना, टपकाना, बूंद बूंद करके चूना या चुआना, to ~ **with blood** खून से इतना लथपथ होना कि कतरे टपक रहे हों, **~ping wet** बहुत गीला, तर बतर; **drip-dry** *vi & a* धोने के बाद बिना निचोड़े लटकाने से सूखना; *a* इस प्रकार सूख कर पहनने लायक कपड़ा (जिसे इस्तरी नहीं करना पड़ता) [a drip-dry shirt]

drip^{2} *n* 1 टपकन, टपका, 2 टपकी हुई वस्तु

drive^{1} ड्राइव *vt & i* (drove, driven) 1 धकेलना, आगे बढ़ाना, चलाना, to ~ **away, off** परे हटाना, भगाना, मार भगाना, to ~ **out** बाहर निकालना, किसी को निकाल कर स्वयं उसका स्थान ले लेना, 2 to ~ sth **out of** s.o.'s head कोई बात किसी के दिमाग़ से निकाल देना, 3 (हल या गाड़ी में जुते बैल या घोड़े को) हाँकना, गाड़ी हाँकना, (ट्रेन, मोटर, आदि) चलाना; **to ~ a coach and horses through sth** (कानून, नियम आदि के शब्दों में दोष बता कर उसे) बेकार कर देना (also see coach 5), 5 किसी को गाड़ी में बिठा के ले जाना या कहीं पहुँचाना [to ~ s.o. to the station], 6 सवारी करना, 7 बाध्य करना, मजबूर करना [I was ~n to it], 8 to ~ s.o. mad, to ~ s.o. out of his senses किसी को पागल कर देना, 9 (of water, wind) बहा ले जाना, उड़ा ले जाना; **driving rain** थपेड़े लगाने वाली वर्षा, 10 (मेख) ठोकना, 11 to ~ a trade व्यापार करना, to ~ a roaring trade बहुत गाहकी होना, जल्दी-जल्दी या खूब बिक्री होना, 12 to ~ a bargain सौदा करना, to ~ a good bargain सस्ता सौदा करना, 13 **to ~ at** अभिप्राय या मतलब या मंशा होना [What are you driving at?], 14 **to drive a quill** *or* **pen** लेखक होना, कलम घिसना, 15 **driving licence** गाड़ी चलाने का लाइसेंस, चालक-लाइसेन्स, **driving-wheel** *n* इंजन आदि का वह पहिया जिसके चलने से अन्य पहिये या पुर्जे काम करते हैं, चालक-पहिया

drive^{2} *n* 1 गाड़ी में सैर [to go for a ~], 2 ज़ोर, जोश, उत्साह, अध्यवसाय [He has plenty of drive], 3 प्रवृत्ति, रुझान, रुख, 4 (also ~way) (मोटर आदि की)सड़क (वि० घर तक जाने वाली निजी सड़क)

drivel ड्रिवल *vi* & *t* & *n* 1 (छोटे बच्चे की तरह) लार टपकना, नाक बहना, 2 बेहूदा बातें करना, बकवास करना; *n* बच्चों की सी बातें, बकवास

driver ड्राइवर *n* 1 चालक, वाहक, गाड़ीवान, कोचवान, ड्राइवर

drizzle ड्रिज़ल *n* & *vi* फुहार, बूंदा-बाँदी, झींसी; *vi* फुहार या बूंदा-बाँदी या झींसी पड़ना [It ~s]

droll ड्रोल *a* 1 हंसोड़, मसख़रा, मज़ाकिया, 2 हास्यजनक, मनोरंजक, 3 अजीब, विचित्र; **~ery** *n* 1 उपहास, मज़ाक, ठिठोली, 2 हास्यपूर्ण (नाटक, निबन्ध आदि) कृति

dromedary ड्रॉमिडरि *n* बहुत तेज़ चलने वाला ऊँट, सांड़नी

drone ड्रोन *n* & *vi* & *t* 1 नर मधुमक्खी, 2 कुछ काम न करने वाला आदमी, निठल्ला आदमी, 3 गुंजार, भनभनाहट, 4 उकता देने वाला वक्ता; नीरस भाषण; *vi* & *t* 1 (भौंरे की तरह) गूंजना, भनभनाना; 2 कुछ काम न करना, ख़ाली बैठे रहना

droop ड्रूप *vi* & *t* & *n* 1 (थकान या उदासी से) झुक जाना, लटक जाना, 2 (of eyes) नज़रों का झुकना, नज़रें नीची होना, 3 (of person) शिथिल होना, उदास होना, हिम्मत हारना, हौसला पस्त होना, जी बैठना, दिल बुझना [His spirits ~ed], 4 (of plant, flower) मुरझाना, कुम्हलाना, 5 *vt* झुकाना, लटकाना; *n* 1 शिथिलता, कमज़ोरी, 2 उदासी, पस्ती, कमहिम्मती, उत्साहहीनता

drop^{1} ड्रॉप *n* 1 बूंद, कतरा, कण, 2 बहुत थोड़ी मात्रा, **it's only a drop in the bucket** *or* **in the ocean** ऊँट के मुंह में ज़ीरे के बराबर है, 3 गिरना, पतन, गिरावट, उतार, अवरोह, बिरादरी में सम्मान घटना, 4 (कीमतों आदि का) गिरना, कमी, 5 *theatr* सचित्र पर्दा जो हर अङ्क के बाद गिराया जाता है; ~-curtain, ~-scene (*theatr*) अङ्क या दृश्य बदलने पर गिराने का पर्दा; पटाक्षेप, पर्दे का गिरना

drop^{2} *vi* & *t* 1 गिरना, बूंद-बूंद (कर के) गिरना, 2 टपकना, 3 (बात का) अचानक मुंह से निकल जाना [The remark ~ped from him], 4 अलग हो जाना, हट जाना, छोड़देना [He has ~ped **out** of the contest] **~-out** *n* बीच में पढ़ाई आदि छोड़ देने वाला छात्र आदि, 5 ख़तम होना, रफ़ा-दफ़ा होना [The affair was allowed to ~], 6 (of prices, temperature) गिरना, कम होना, 7 (of voice, speed) धीमा होना; **to drop in** अचानक आ जाना, आ, धमकना [some friends ~ped in to tea], 8 *vt* पत्र आदि लिखना या डालना [to ~ a letter, line], 9 ख़तम करना, छोड़ना [Let's ~ the subject], 10 किसी को गाड़ी में कहीं तक पहुँचाना [I shall ~ you at your door], 11 (आवाज़, गति) धीमा करना, 12 बोलने में कोई अक्षर छोड़ जाना, 13 to ~ a hint इशारा देना, संकेत देना या करना; **~per** बून्द-बून्द (करके) दवा डालने का उपकरण, ड्रापर

droppings *n pl* 1 बूंद-बूंद गिरने वाली चीज़ (*e.g.* मोमबत्ती से मोम के कतरे), 2 गोबर; (पक्षियों की) बीठ

dropsical ड्रॉप्सिकल *a* (f. foll) जलोदर-पीड़ित, जलशोथ-पीड़ित

dropsy ड्रॉप्सि *n* शरीर के किसी अंग में पानी जैसा द्रव भर जाना, जलोदर, जलशोथ, जलशोफ

dross ड्रॉस *n* 1 धातुओं को गलाते समय उतार कर फेंकी जाने वाली मैल, धातुमल, 2 मैल, मलिनता, अशुद्धता, 3 कूड़ा-करकट, गँदगी

drought ड्राउट *n* सूखा, वर्षा का (निरन्तर) अभाव, अनावृष्टि; **~y** *a* अनावृष्टिपीड़ित

drove ड्रोव *n* 1 (हांके जाते हुए पशुओं का) झुंड, 2 जमघट, वि० चलती हुई भीड़ [~s of visitors]; **~r** *n* पशुओं के झुंड को हाँक कर मंडी में ले जाने वाला, ढोर-व्यापारी

drown ड्राउन *vi* & *t* 1 डूबना, डूब कर मरना, a ~ing man डूबता हुआ आदमी, 2 *vt* (usu in *pass*) **to be ~ed** डूब जाना, 3 भीग जाना, तर-बतर होना [to be ~ed in tears], 4 जलमग्न करना, आप्लावित करना, बाढ़ आना, 5 to ~ one's sorrow in drink शराब पीकर अपने दुःख को भुलाने का यत्न करना, 6 अभिभूत करना, दवा देना; ऊंची आवाज़ के कारण धीमी आवाज़ का सुनाई न देना His words were ~ed in the uproar]

drowse ड्राउज़ *vi* & *t* & *n* 1 ऊँघना, झपकी लेना, अर्द्धनिद्रित होना, 2 सुस्त होना, निष्क्रिय होना, 3 (*vt*) to ~ the time away ऊँघते-ऊँघते समय बिता देना; *n* ऊँघ, उंघाई, तन्द्रा

drowsy ड्राउज़ि *a* 1 ऊँघता हुआ, तन्द्रालु, उनींदा 2 सुस्त, 3 **~-head** उनींदा व्यक्ति, 4 नींद लाने वाला, निद्राजनक; **drowsiness** ऊँघ, उंघाई, निद्रालुता, तन्द्रा, उनीन्दापन

drub ड्रब *vt* (-bb-) 1 मारना, पीटना, डंडे लगाना, 2 लड़ाई में हराना, पछाड़ना, 3 to ~ an idea **into, out of**, s.o. मार-मार के कोई विचार किसी के दिमाग में डालना, दिमाग से निकालना; **~bing** *n* पिटाई, ठुकाई, मरम्मत

drudge ड्रज *n* & *vi* गुलाम, नौकर जिसे हर दम काम में जुता रखा जाये, कोल्हू का बैल; *vi* (अरुचिकर काम में) जुता रहना, गुलामों की तरह काम करना; **~ry** ड्रजरि *n* अरुचिकर एवं बड़ी मेहनत का काम, उकता देने वाला परिश्रम

drug ड्रग *n* & *vt* & *i* 1 औषध, औषधि, दवा, भेषज, जड़ी-बूटी, 2 (अफ़ीम आदि) मादक द्रव्य, नशा, **the ~ habit** अफ़ीम आदि नशीली चीज़ खाने की आदत, 3 माल जिसकी मांग न हो, जिसकी बिक्री न हो सके, (of goods) **to be a ~ on the**

market मांग न होना, बिक न सकना; *vt* दवा (वि० बेहोशी की दवा) पिलाना, औषध में नशीली चीज़ या विष मिलाना; *vi* नशीली वस्तु का सेवन करना

druggist ड्रगिस्ट *n* औषध-विक्रेता, दवाफ़रोश

Druid ड्रूइड *n* (प्राचीन फ्रांस और ब्रिटेन की सैल्ट Celt जाति का) पुरोहित, जादूगर, भविष्यवक्ता

drum^1 ड्रम *n* 1 ढोल, मृदंग, भेरी, नगाड़ा, ढोलक, 2 ~ of the ear कान का परदा, 3 बेलनाकार पात्र, पीपा, 4 *comb*: **~-fire** तोपों की लगातार गोलाबारी (जो कि पैदल सेना के आक्रमण की सूचना देती है), *fig* आलोचना की बौछाड़, **~-major** रजमंट के ढोलकियों का सरदार, **~stick** ढोल बजाने की छड़ी, नगाड़े की चोब; पकाये हुए मुर्गे की मांसल टांग

drum^2 *vt* 1 ढोल बजाना, नगाड़ा पीटना, 2 लगातार खटखटाना या थपथपाना, 3 **to ~ sth into s.o.'s head** बार-बार कह कर कोई बात किसी के दिमाग़ में डालना, 4 थपथपाना [to ~ **on the** table with one's fingers]; **~mer** 1 ढोल बजाने वाला, ढोलकिया, 2 व्यापारिक यात्री

drunk ड्रङ्क *pred a* शराब के नशे में मदहोश, (*fig*) ~ with joy खुशी से पागल, खुशी के मारे आपे से बाहर, आनन्दविभोर

drunkard ड्रङ्कर्ड *n* शराबी, मद्यप, मद्यसेवी, पियक्कड़

drunken ड्रङ्कन *a* 1 शराब के नशे में, 2 शराब पीने का आदी, शराबी, 3 ~ brawl शराबियों का लड़ाई-झगड़ा; **~ness** *n* नशा, मदोन्मत्तता, मदहोशी

drupe ड्रूप *n* गुठलीदार फल (*e.g.* आलूबुखारा)

dry^1 ड्राइ *a* 1 सूखा, खुश्क, शुष्क, 2 जहां वर्षा न होती हो या बहुत कम होती हो, 3 (गाय, भैंस) जो दूध न देती हो, ठांठ; (of state, legislation) जहां शराब-बंदी हो, मद्यनिषेध का, **dry day** जिस दिन मद्यविक्रय न हो; **to go ~** शराबबंदी लागू करना, 4 रूखा, नीरस, सख़्त, कठोर, 5 अरोचक, अरुचिकर, 6 केवल-मात्र, बिना विस्तार के [~ facts, thanks], 7 ~ cough जिसमें बलगम न निकले, सूखी खांसी, 8 ~ lodging केवल-मात्र आवास, बिना भोजन के रिहाइश, 9 **dry cultivation, farming** मरुभूमि में खेती करने की विधि (जिसमें भूमि की नमी सुरक्षित रखी जाती है), असिंचित कृषि, 10 ~ **nurse** जो बच्चे को दूध न पिलाती हो (केवल देखभाल करती हो), 11 **~-clean** *vt* पैट्रोल आदि से साफ़ करना, 12 **dry rot** (*fig*) समाज की आचारहीनता, सामाजिक पतन, नैतिक पतन, 13 to be, to feel, ~ प्यास लगना, प्यासा होना

dry^2 *vt* & *i* सुखाना, सूखना, to ~ **up** बिल्कुल सुखा देना या सूख जाना, **dryer, drier** बाल, कपड़ा आदि सुखाने की मशीन

dryad ड्राइअड *n* (Gk *myth*) वनदेवी, वनदेवता

dryasdust ड्राइ-अज़्-डस्ट *n* & *a* अरोचक या नीरस किन्तु परिश्रमी इतिहासकार; *a* अत्यन्त अरोचक, नितान्त नीरस

dual ड्यूअल *a* & *n* 1 दो का, दुगना, द्विगुण, दोहरा, द्विविध, 2(*gram*) **dual (number)** द्विवचन

dualism ड्यूअलिज़्म *n* 1 द्वैत, द्वैतवाद; आत्मा और परमात्मा, ब्रह्म और जगत्, पुरुष और प्रकृति आदि दो सत्ताओं की भिन्नता में विश्वास, 2 पुण्य और पाप; **dualist** *n* द्वैतवादी; **dualistic** *a* द्वैतवादी; **duality** *n* द्वैत, द्वैतभाव

dub^1 डब *vt* (-bb-) 1 to ~ s.o. (a) knight (कंधे पर तलवार से आघात कर के) किसी को नाइट बनाना, 2 उपाधि देना, 3 उपनाम रखना, नाम धरना, to ~ s.o. a quack किसी को नीम हकीम कहना

dub^2 *vt* फ़िल्म में मूल भाषा के अतिरिक्त दूसरी भाषा की आवाज़ भरना, दोहरी आवाज़ भरना, दूसरी भाषा का आरोपण करना [*abbr*. of double]

dubiety ड्यूबाइअटि *n* 1 सन्देह की भावना, अनिश्चय, 2 संदिग्ध विषय, शक वाला मामला

dubious ड्यूबिअस *a* 1 सन्देह करने वाला, सन्देहशील, जिसे विश्वास न हो, 2 झिझकता हुआ, डांवांडोल, 3 अविश्वसनीय, [~ friend], 4 अस्पष्ट, सन्दिग्ध, द्वयर्थक [~ compliment], 5 जिसका परिणाम अनिश्चित हो [~ struggle, undertaking, etc]; **~ness** *n* 1 अविश्वसनीयता, 2 अनिश्चितता, संदिग्धता, 3 अस्पष्टता

dubitation ड्यूबिटेशन *n* 1 सन्देह, 2 हिचक, झिझक,; **dubitative** ड्यूबिट-टिव *a* 1 सन्देहात्मक, 2 सन्देह करने वाला, 3 झिझकने वाला

ducat डकट *n* (यूरोपीय देशों की प्राचीन) अशरफ़ी

duchess डचिस *n* (see duke) 1 ड्यूक की पत्नी या विधवा, 2 ओजस्वी या ओजस्विनी महिला, रोबदाब वाली स्त्री

duchy डचि *n* ड्यूक या डचस का प्रदेश या राज्य

duck^1 डक *n* 1 बत्तक, बत्तख; **like a (dying) ~ in a thunderstorm** भौचक्का, घबराया हुआ, **to take to sth like a ~ to water** कोई काम करना इतना आसान होना जितना कि बत्तख के लिए तैरना [He takes to Latin like a duck to water], 2 **lame duck** अपांग, लूला-लंगड़ा, (also see lame), 3 (*crick*) duck (*or* duck's) egg शून्य, सिफ़र, **like water off a ~'s back** बिना कोई प्रभाव किये, 4 **to play ~s and drakes with (one's money)** अपने रुपये का अपव्यय करना, रुपया बरबाद करना; **~ling** बत्तख का बच्चा

duck^2 *vi* & *t* & *n* 1 डुबकी लगाना या मारना, गोता लगाना या मारना, डुबकी लगा कर तुरन्त ऊपर आ जाना, 2 वार बचाने या प्रणाम करने के लिए

एकाएक सिर झुकाना, 3 *vt* (किसी को) डुबकी देना, (सिर को) एकाएक झुकाना; *n* 1 डुबकी, 2 (सिर का) झुकाना

duck^3 *n* एक प्रकार का मोटा सूती कपड़ा (in *pl*) इस कपड़े की पतलून

duct डक्ट *n* 1 नली, नाली, वाहिनी, 2 नाड़ी, नस, शिरा, धमनी

ductile डक्टाइल *a* 1 (of metals) लचीला, तन्य, जिसका तार खिच सके, तार खींचने लायक, 2(of person, character) जिसे सिखाया जा सके, विनेय, नम्र, विनीत, **ductility** *n* लचीलापन, तन्यता

dud डड *n* & *a* (*sl*) 1 पक्षियों को डराने के लिए खेत में खड़ा किया हुआ पुतला, 2 न फटने या चलने वाला बम, 3 योजना जो बेकार सिद्ध हो, 4 व्यक्ति जो किसी काम का न हो, बेकार आदमी [He is a ~]; *a* बेकार, खोटा, जाली, नकली, जिसे भुनाया न जा सके [a ~ cheque, note]

dudgeon डंजन *n* गुस्सा, क्रोध, नाराज़गी [He was in high ~]

due^1 ड्यू *a* 1 देय, दिया जाने वाला, अदा करने योग्य, जो दिया जाना चाहिए, जो मिलना चाहिए [**The bill falls** *or* **becomes ~ on the 5th; the first place is ~ to Kalidasa**], 2 उचित, उपयुक्त, ठीक, मुनासिब, पर्याप्त, **after ~ consideration** उचित या पर्याप्त सोच-विचार के बाद, अच्छी तरह सोचविचार कर के, **in ~ time** ठीक समय पर, 3 के कारण, the difficulty **is due to** our ignorance कठिनाई हमारी अज्ञानता के कारण है: N.B. the adverbial use of 'due' in place of 'owing' is incorrect. Thus: the difficulty has arisen **owing** to our ignorance (and not **'due'** to our ignorance), 4 नियत, भावी, होने वाला, करने वाला इत्यादि He is ~ to speak to-night वह आज रात भाषण देने वाला है; The train is ~ at 7.30. गाड़ी साढ़े सात बजे पहुंचने वाली है; the train is over due गाड़ी के आने का समय (कब का) हो चुका है

due^2 *adv* ठीक अमुक दिशा में, सीधे [He went ~ east]

duel ड्यूअल *n* & *vi* (-ll-) 1 (किसी बात का फ़ैसला करने के लिए) दो व्यक्तियों के बीच लड़ाई, द्वन्द्व, द्वन्द्वयुद्ध, 2 दो व्यक्तियों की प्रतियोगिता, दो दलों या सिद्धान्तों का संघर्ष; *vi* द्वन्द्व युद्ध करना

duenna ड्यूएँन: *n*=chaperon

duet ड्यूएँट *n* 1 युगलगान, दोगाना, दुगाना, 2 *fig* कथोपकथन, (दो में) बातचीत, 3 जोड़ा, युगल

duffer डफ़र *n* अकुशल या निकम्मा या मूर्ख व्यक्ति

dug डग *n* थन

dugong ड्यूगोँङ्ग *n* स्तनपायी समुद्री जीव, समुद्री गाय, हस्तीमकर

dug-out डग्-आउट *n* 1 (पेड़ के तने को खोखला कर के बनाई गई) डोंगी, खातनौका, बताम, 2 युद्ध-क्षेत्र में सैनिकों की रक्षा के लिए बनाया गया गढ़ा या तहखाना, खाई, खंदक

duke ड्यूक *n* 1 (ब्रिटेन आदि में) सामंत, ड्यूक, 2 (यूरोप के कई देशों में) डची अर्थात् छोटे-से राज्य का शासक; ~**dom** *n* 1 ड्यूक द्वारा शासित प्रदेश, ड्यूक का राज्य, 2 ड्यूक का पद, ड्यूक की उपाधि

dulcet डल्सिट *a* (of sound etc) मधुर, श्रुति-मधुर, मीठा, सुखद

dulcify डल्सिफ़ाइ *vt* मधुर बनाना, सुखद बनाना

dulcimer डल्सिमर *n* प्यानो की तरह का अंग्रेज़ी वाद्य

dull^1 डल *a* 1 (of person) मन्दबुद्धि, मूढ़, नासमझ, ठस, बेवकूफ़, 2 खिन्न, उदास, शिथिल, 3 नीरस, उबाने वाला, अरोचक, अरुचिकर, 4 (of senses) जिसकी ग्रहण शक्ति मन्द हो, 5 (of eyes) निस्तेज, निष्प्रभ, 6 (of ears) ऊंचा सुनने वाला, 7 (of knife) कुंठित, कुंद, भोथरा, 8 (of light, sound) मन्द, हल्का, मद्धम, 9 (of colour, taste) हल्का, फीका, नीरस, (of weather) मेघाच्छन्न, उदासी लाने वाला, (of goods) जिसकी मांग न हो, जो आसानी से न बिक सके, (of market) मन्द, मन्दी का

dull^2 *vt* & *i* (बुद्धि को) कुंठित करना, (पीड़ा को) मन्द या हल्का करना, (ज्योति, ध्वनि को) मन्द या मद्धम या हल्का करना; **to ~ the edge of** (चाकू आदि को) कुंठित करना; *fig* के प्रभाव या रोचकता को कम करना, (रंग को) हल्का या फीका करना, (स्वाद) फीका करना; *vi* मन्दा या हल्का होना, बल या प्रभाव कम होना

dullard डलर्ड *n* मूढ़, नासमझ, मन्दबुद्धि, गावदी

dul(l)ness *n* (see dull^1) 1 मूढ़ता, 2 नीरसता, अरोचकता, 3 (of senses) ग्रहण शक्ति की मन्दता, 4 भोथरापन, 5 फीकापन, 6 (व्यापार की) मन्दी

duly ड्यूलि *adv* 1 उचित रूप से, यथोचित, विधिवत्, बाकायदा, ठीक-ठीक, 2 ठीक समय पर, यथासमय

dumb डम *a* 1 मूक, गूंगा; ~ **animals** बेचारे मूक पशु, बेचारे बेज़बान जानवर, **the ~ millions** लाखों-करोड़ों लोग जिनकी आवाज़ सरकार तक नहीं पहुंचती, जिन्हें सरकारी मामलों में कुछ कहने का अधिकार नहीं है, 2 अवाक्, भौचक्का, हक्का-बक्का, **to strike s.o. ~** किसी को हक्का-बक्का कर देना (see dumb-found); ~ **show** मूकाभिनय; ~**ly** *adv* बिना कुछ कहे; चुपचाप, ~**ness** *n* गूंगापन; मौन, चुप्पी

dumb-bell डम्बेँल *n* 1 डम्बल, 2 *sl* बुद्धू, गोबर-गणेश

dum(b)found डम्फ़ाउन्ड *vt* हक्का-बक्का या भौचक्का कर देना, घबरा देना, अवाक् कर देना (in *pass* अवाक् रह जाना), स्तब्ध कर देना, निरुत्तर कर देना

dummy डमि *n* & *a* 1 (ताश के खेल में) कल्पित चौथा खिलाड़ी जिसकी ओर से उसका वास्तविक साथी खेलता है, **double ~** जिसमें दोनों वास्तविक खिलाड़ियों के साथी कल्पित खिलाड़ी हों, 2 किसी काम में कोई वास्तविक भाग न लेने वाला और केवल नाम के लिए उपस्थित रहने वाला आदमी, पुतली, कठपुतली, मिट्टी का माधो, बुत, डमी, 2 मूर्ख, बुद्धू, उल्लू, गोबर-गणेश, 3 नकली चीज़; *a* नकली, दिखावे का, नाम-मात्र का, नाम के लिए, नाम को, डमी [a ~ candidate]

dump डम्प *vt* & *i* & *n* 1 (छकड़े से कूड़ा-करकट) गिराना, 2 धम्म से गिरना या गिराना, फेंकना, डालना, उलट देना [He ~ed the rubbish in the service lane], 3 (स्वदेश में महँगा न बिक सकने वाले) माल को कम कीमत पर बेचने के लिए विदेशी मंडियों में भेजना, 4 ढेर लगाना, खत्ता लगाना, अंबार लगाना; *n* 1 धम, धमक, धमाका, धम्म की आवाज़, 2 (U.S.) कूड़े का ढेर, कूड़ा गिराने की जगह; **~ truck** कूड़ा-गाड़ी, 3 *mil* (युद्ध-क्षेत्र में) गोलाबारूद का (अस्थायी) गोदाम

dumps डम्प्स *n pl* (*colloq*) उदासी, खिन्नता, निराशा, विषाद, **to be (down) in the dumps**; उदास या विषण्ण होना

dumpy डम्पि *a* नाटा और हट्टा-कट्टा, गोल-मटोल

dun^1 डन *a* & *n* 1 मटमैला भूरा रंग (जैसा गधे का होता है), ऐसे रंग का, 2 (*poet*) श्याम, धूसर, धुंधला, अस्पष्ट, दुर्बोध, 3 मटमैले भूरे रंग का घोड़ा

dun^2 *n* & *vt* (-nn-) 1 बहुत तकाज़ा करने वाला लेनदार या महाजन; *vt* ऋण की अदायगी का तकाज़ा करना

dunce डन्स *n* मन्दबुद्धि (विद्यार्थी), जड़मति, मूढ़

dunderhead डन्डर्‌हे`ड *n*, **dunderheaded** हे`डिड, *a* मूढ़, मूर्ख

dune ड्यून *n* रेत का टीला, टीबा, टिब्बा

dung डङ्ग *n*, *vt* & *i* 1 गोबर, लीद, कूड़ा, गंदगी, 2 खाद, 3 *comb*: **~-beetle** गुबरैला; **~-cake** उपला; **~hill** गोबर या कूड़े-करकट का ढेर; घूरा; *vt* खाद डालना या देना; *vi* गोबर करना

dungaree डंगरी *n* एक प्रकार का मोटा कपड़ा

dungeon डंजन *n* ज़मीन के नीचे बना कैदखाना, भूगर्भित कारागार, कालकोठरी, बन्दीगृह

dunk डङ्क *vt* (रोटी का टुकड़ा) चाय आदि में भिगोना; *fig* डुबाना

duodecimal *a* बारह का, बारहवें भाग का; द्वादशाङ्क

duodecimo ड्यूअडे`सिमो *n* 1 पुस्तक का वह आकार जिसमें एक पृष्ठ पूरे ताव का बारहवां भाग होता है, बारहपेजी

duodenum ड्यूअ-डीनम *n* (*anat*) छोटी आंत का पहला भाग, ग्रहणी; **duodenal** *a* ग्रहणी का

duologue ड्यूअ-लॉ`ग *n* 1 दो की बातचीत, कथोपकथन, 2 दो पात्रों का नाटक, द्विपात्री नाटक

dupe ड्यूप *n* & *vt* जिसने धोखा खाया हो, प्रवंचित व्यक्ति, आसानी से धोखा खाने वाला आदमी, भोला-भाला या सीधा-सादा आदमी, भौंदू; *vt* धोखा देना, ठगना, बेवकूफ या उल्लू बनाना; **~r** ठग; **~ry** *n* धोखेबाजी, ठगी, छल, कपट

duple ड्यूपल *a* दुगना, दोगुना, द्विगुण, **~ ratio** दो-एक का अनुपात

duplex ड्यूप्ले`क्स *a* & *n* दोहरा, दुतरफ़ा, दो तत्वों का, ~ gas burner दो नलियों वाला बर्नर (जिसमें गैस की नलियां दो होती हैं पर ज्वाला एक जलती है), ~ lamp दो बत्तियों वाला लैम्प; दो-मंज़िला [~ flat]; *n* दो मंजिला मकान

duplicate^1 ड्यूप्लिकिट *a* & *n* 1 दोहरा, दुगना, दूना, 2 **~ proportion, ratio** दो अंकों के वर्गों का अनुपात, वर्गानुपात, 3 हूबहू [प्रति, नकल], प्रतिरूप, 4 उसी-जैसा दूसरा [I have ~ keys]; *n* प्रतिलिपि, अनुलिपि, नकल, दूसरी प्रति; रसीद का हूबहू दूसरा भाग, अधपन्ना, मुसन्ना, प्रतिपर्ण

duplicate^2 ड्यूप्लिकेट *vt* 1 दो से गुणा करना, दुगना करना, 2 (दस्तावेज़ की) नकल तैयार करना, प्रतिलिपि बनाना, दूसरी प्रति बनाना, दो प्रतियां बनाना, 3 (वि० अनावश्यक रूप से) काम को दोहराना

duplication *n* 1 प्रतिलिपिकरण, 2 आवृत्ति, पुनरावृत्ति, दोहराना, दो बार करना, 3 द्विगुणन

duplicity ड्यूप्लिसिटि *n* दोहरी चाल, दुरंगी, दुरंगापन, छल, कपट, धोखेबाज़ी

durability ड्युअर-बिलिटि, **durableness** *nn* स्थायित्व, टिकाऊपन, पायदारी, मजबूती

durable ड्युअर-बल *a* 1 स्थायी, बहुत दिनों तक रहने या चलने वाला, 2 टिकाऊ, पायदार, पक्का, दृढ़, मजबूत

duration ड्युरेशन *n* अवधि, कालावधि, मियाद [of short ~]; for the ~ of war जब तक युद्ध चलता रहे

duress ड्युरे`स *n* 1 कैद, बंधन, प्रतिबंध, 2 बाध्यता, मजबूरी, दबाव, (बल-प्रयोग की) धमकी, **under ~** धमकी या दबाव में आकर

during ड्युअरिंग *prep* के दौरान (में), की अवधि में, की अवधि तक, के रहते, मध्य में, के बीच

dusk डस्क *n* & *a* 1 सांझ, झुटपुटा, गोधूलि, 2 अन्धेरा, अन्धकार; *a* (*poet*) धुंधला, अन्धकारमय; **dusky** डस्कि *a* 1 अंधेरा, अंधकारमय, 2 (of complexion) श्याम

dust^1 डस्ट *n* 1 धूल, धूलि, मिट्टी, गर्द, 2 **to throw dust in s.o.'s eyes** किसी की आंखों में धूल झोंकना, (किसी को गलत बात बता कर या उसका ध्यान दूसरी तरफ़ लगा कर) धोखा देना, 3 **to bite the dust** (घायल या निष्प्राण हो कर) धराशायी होना, 4 **to shake the ~ off one's**

feet घृणा या नाराज़गी व्यक्त करते हुए चले जाना, 5 घर का कूड़ा-करकट, **dustbin** कूड़े-करकट की या रद्दी की टोकरी, 6 पुष्परज, पराग, 7 चूरा [marble-dust], बुरादा [saw-dust], बुकनी, राख

dust^{2} *vt* & *i* **1** चूरा छिड़कना, **2** धूल झाड़ना, पोंछना, साफ़ करना [to ~ a chair, table, etc], **3** to dust s.o.'s jacket (*colloq*) किसी को डाँटना, फटकारना, पीटना, मरम्मत करना, **4** धूलि-धूसरित करना, **5** *vi* (पक्षियों का) धूलि में स्नान करना

duster डस्टर *n* **1** झाड़ने का कपड़ा, झाड़न, **2** झाड़ने वाला आदमी

dusty डस्टि *a* **1** धूल से भरा, धूलिधूसरित, **2** धूल की तरह महीन, **3** अत्यन्त अरुचिकर या अरोचक, नितान्त नीरस, **4** अस्पष्ट, अनिश्चित [a ~ answer]

Dutch डच *n* & *a* **1** हालैंड या नीदरलैंड की भाषा, **double ~** समझ में न आने वाली भाषा अंडबंड; *a* **1** हालैंड का, हालैंड की भाषा का, हालैंड के निवासियों का, **2 the Dutch** हालैंड और नीदरलैंड के निवासी; **~ courage** शराब पीने से आने वाली हिम्मत

Dutchman *n*(*pl* — men, *fem.* —woman), हालैंड या नीदरलैन्ड का निवासी; **Flying ~** पाश्चात्य पुराणवर्णित जहाज़; उसका कप्तान (जिसे कयामत के दिन तक समुद्र का चक्कर काटते रहने का शाप मिला था)

duteous ड्यूटिअस *a* (literary) कर्तव्यपरायण, आज्ञाकारी

dutiable ड्युटिअ-बल *a* जिस पर कर लगे, कर-योग्य, करदेय, महसूली

dutiful ड्यूटिफ़ुल *a* कर्तव्यपरायण, कर्तव्यनिष्ठ, कर्तव्य पालन करने वाला, आज्ञाकारी, सेवा करने वाला

duty ड्यूटि *n* **1** कर्तव्य, धर्म, **~-bound** कर्तव्य से बाध्य, **2** काम, कार्य, ज़िम्मेवारी; **on ~** काम पर लगा हुआ; **off ~** कार्यनिवृत्त, **3** कर, शुल्क, चुंगी, महसूल, टैक्स, **customs ~** चुंगी, सीमा-शुल्क, **estate ~** संपत्ति शुल्क या कर, **excise ~** उत्पादन शुल्क या कर, **succession ~** उत्तराधिकार शुल्क या कर, **4 to do ~ for** s.o. किसी का (या किसी की जगह पर) काम करना, **5 ~-free shop** करमुक्त माल की दुकान

dwarf^{2} ड्वार्फ़ *n* & *a* साधारण कद या डील से बहुत छोटा (आदमी या पशु या पौधा), नाटा, ठिगना, बौना, वामन, लघु, छोटा, नन्हा

dwarf^{2} *vt* **1** (शरीर या बुद्धि का) विकास रोक देना, बढ़ने न देना, **2** (दूरी के कारण या किसी की तुलना में) बहुत छोटा दिखाना, (in *pass*) बहुत छोटा लगना [The clock-tower has been ~ed the new multi-storied buildings]

dwell ड्वेॅल *vi* (dwelt) **1 to ~ in, at, near,** a place रहना, निवास करना, **2** ध्यान लगाए रहना, **3 to dwell (up)on a subject** किसी विषय पर बहुत देर तक या विस्तारपूर्वक बोलना (या लिखना), **4** (घोड़े का) धीरे-धीरे टाँगें उठाना, जंगला फांदते समय तनिक रुक जाना; **~er** *n* **1** वासी, निवासी, बाशिन्दा, **2** जंगला फांदते समय अड़ने वाला घोड़ा

dwelling *n* **1** रहना, निवास, निवास-स्थान, घर, ~ house रिहाइशी मकान

dwindle ड्विन्डल *vi* **1** धीरे-धीरे छोटा होना, कम होना, घटना, सिकुड़ना, क्षीण होना, छीजना, **2** महत्व या प्रतिष्ठा घटना, पतन होना, पतनोन्मुख होना

dyarchy *n* =diarchy

dye^{1} डाइ *n* **1** रंग, वर्ण, रंगत, **2** (also ~-**stuff**) रंजक, वह पदार्थ जिससे कोई चीज़ रंगी जाती है, रंग, **3 fast ~** न छुटने वाला रंग, पक्का रंग, **4 a scoundrel of (the) deepest** *or* **blackest dye** पक्का हरामजादा, crime of (the) blackest ~ महा पाप, घोर अपराध

dye^{2} *vt* & *i* (**dyed**; *part*. dyeing) रंगना, रंग करना; *vi* रंगा जाना, रंग चढ़ना [This stuff dyes well]; **dyed in the wool** *or* **in grain** पक्के रंग का, *fig* अपरिवर्तनशील; **~ing** *n* रंगना, रंगाई, रंगने का काम; **~r** *n* रंगने वाला, रंगसाज़, रंगरेज़

dying *n* (f. die^{2}) **1** मरना, मृत्यु, **2** *attrib* मरते समय का, मृत्युकालीन, **~ declaration, wish** मरते समय का बयान, मरते समय व्यक्त की गई इच्छा

dyke = dike

dynamic डाइनैमिक *a* **1** गत्यात्मक, गतिशक्ति-संबंधी, **2** गतिशील, क्रियाशील, कर्मठ, उद्यमी, उत्साही, ओजस्वी, ~ personality ओजस्वी व्यक्ति

dynamical *a* गतिविज्ञान-संबंधी, गति-संबंधी

dynamics *n pl* गतिविज्ञान, गतिकी

dynamism डाइन-मिज़म *n* **1** ओजस्विता, शक्ति, बल, उत्साह, **2** *philos* यह सिद्धान्त कि प्रकृति एवं मन का सब प्रपंच गति का परिणाम है, गतिवाद

dynamist *n* See prec 2, इस सिद्धान्त को मानने वाला, गतिवादी

dynamite डाइन-माइट *n* & *vt* **1** एक शक्तिशाली विस्फोटक रसायन, डायनेमाइट, **2** खतरनाक वस्तु या व्यक्ति; *vt* डायनेमाइट से उड़ाना

dynamo डाइन-मो *n* (*pl* ~s) यांत्रिक शक्ति को विद्युत् शक्ति में परिवर्तित करने का यन्त्र, बिजली पैदा करने का यन्त्र, विद्युत्-यन्त्र, डायनेमो, *fig* ओजस्वी व्यक्ति

dynast डिनस्ट *n* (कुलक्रमागत) शासक; शासक परिवार का व्यक्ति; **~ic** डिनैस्टिक *a* राजवंश या राजवंशों का, राजवंशीय, **वंशक्रमागत, ख़ानदानी**

dynasty डिनस्टि *n* वंश, राजवंश, कुल, राजकुल, खानदान, शाही खानदान

dysentery डिसन्ट्रि *n* पेचिश, आमातिसार

dyslogistic डिस्लजिस्टिक *n* अस्वीकृतिव्यंजक, ना-

पसंदगी व्यक्त करने वाला, निन्दासूचक **(शब्द प्रादि)**

dyspepsia डिस्पे॓प्-सियः *n* बदहज़मी, अजीर्ण, अपच, अग्निमांद्य; **dyspeptic** *a* & *n* अजीर्ण का रोगी, अजीर्णग्रस्त

dyspnoea डिस्पनीअ *n* श्वास लेने में कठिनाई, दु:श्वास, कष्टश्वास

dysuria डिस्-युअरिअ *n* मूत्रकृच्छ्र

Ee

E,e ई 1 अंग्रेजी वर्णमाला का पांचवां वर्ण; *abbrs:* **E.&O.E.** (Errors and Omissions Excepted) भूल-चूक लेनी देनी, **E.C.G.**(electro-cardiogram) हृद्गति का (विद्युत्-लिखित) रेखाचित्र, विद्युत्-हृद्-लेख; **E.C.M.** (European Common Market; officially called European Economic Community (*abbr* **E.E.C.**) originally composed of France, Italy, West Germany & the Benelux, later joined by Britain etc) यूरोपीय साझा मंडी या यूरोपीय आर्थिक संघ; **E.N.T.** (ear, nose and throat) कान, नाक और गला; **E.P.N.S.** (electroplated nickel silver) बिजली से मुलम्मा किया हुआ (या विद्युत्-लेपित) निकल सिल्वर

each ईच *a* & *pron* 1 प्रत्येक, हर एक, प्रति, हर एक-एक [Each man has two votes], 2 (*pron*) Each of us has two votes, We have two votes each हममें से हर एक के दो-दो वोट हैं, 3 **each other** परस्पर, अन्योन्य, एक-दूसरे को [**they help each other; they were separated from each other**]

eager ईगर *a* 1 उत्सुक, बहुत इच्छुक, उत्कंठित, आतुर, अधीर [to be ~ **to do** sth; to be ~ **for** sth], 2 (of emotions) उत्कट, प्रचंड, तीव्र, प्रबल, ज़बरदस्त, ~ desire उत्कट या तीव्र अभिलाषा; ~**ly** *adv* बड़ी उत्सुकता से, उत्सुकतापूर्वक, चाव से, बड़े शौक से; ~**ness** *n* 1 उत्सुकता, उत्कण्ठा, चाव, लगन, शौक, 2 अधीरता, बेचैनी

eagle ईगल *n* 1 विशालकाय एवं तीव्रदृष्टि पक्षि-विशेष, उकाब, 2 *hist* रोमन, फ्रांसीसी, सेना की पताका (जिस पर उकाब का चित्र बना होता था), 3 ~**-eyed** तीव्रदृष्टि वाला; **eaglet** *n* उकाब का बच्चा

eagre ईगर, एगर *n* समुद्र में उठने वाली बड़ी ज्वार, बान

ear^1 इअर *n* 1 कान, कर्ण, 2 सुनने की शक्ति, श्रवण शक्ति, **to be all** ~**s** बड़े ध्यान से सुनना, 3 संगीत समझने की योग्यता, **to have an** ~ **for music** संगीत समझने की योग्यता होना, संगीतज्ञ होना, 4 **to be up to the ears, over head and ears, in work, in debt** काम में, ऋण में, डूबा होना; काम के बोझ से दबा होना, सिर खुजलाने की फ़ुरसत न होना, 5 **to set (persons) by the ears** लोगों को आपस में लड़वाना, फूट डालना, 6 **to give ear** ध्यान से, एकाग्रता से, एकाग्र होकर, सुनना; **it goes in at one ear and out at the other** एक कान से सुना और दूसरे से निकाल दिया, 7 **to give one's ears (for** sth, **to do** sth) हर कुरबानी करने को तैयार होना, हर कीमत देने को तैयार होना, 8 **to have an** ~ **to the ground** इस बात का बराबर ध्यान रखना कि लोग क्या कह रहे हैं या सोच रहे हैं; लोकमत जानने के लिए चौकन्ना रहना, **to have a word in s.o.'s** ~ किसी से अकेले में बात करना; 9 *comb:* ~**mark** (i) भेड़ के कान पर मालिक का चिन्ह, (ii) *vt* (विशेष प्रयोजन के लिए) निर्दिष्ट करना, निर्धारित करना, नियत करना, अलग रखना [**to** ~**mark funds for a purpose**], ~ shot जहां तक आवाज़ पहुंच सके या सुनाई दे सके; **within, out of,** ~ **shot** आवाज़ की पहुंच के अन्दर, बाहर, ~**-splitting** कर्णभेदी

ear^2 *n* (अनाज के पौधे की) बाल, बाली, सिट्टा, भुट्टा

earl अर्ल *n* (*fem.* countess), (यूरोपीय देशों में) सामन्त

early अर्लि *a* & *adv* 1 आरंभिक, शुरू का, शुरू-शुरू का, आदि, प्राचीन, 2 जल्दी पकने वाली (फ़सल), अगेती; at an ~ age छोटी उम्र में, बचपन में, ~ youth नई जवानी, यौवन का आरंभ, ~ ages पहला ज़माना, प्राचीन काल, **to keep early hours** जल्दी सोना और जल्दी उठना, **at your earliest convenience** जितनी जल्दी आपके लिए सुविधाजनक हो, ~ variety (फसल की) जल्दी पकने वाली या अगेती किस्म; *adv* जल्दी, शीघ्र, प्रातः काल (में), बहुत सवेरे, तड़के, to rise ~ तड़के उठना, **as** ~ **as possible** जितनी जल्दी हो सके, **too** ~ समय से पहले [we have arrived five minutes too ~]

earn अर्न *vt* 1 (रुपया) कमाना, अर्जित या उपार्जित करना, पैदा करना, ~ed income अर्जित या

उपार्जित आय, 2 योग्य होना, पात्र होना, अधिकारी या हकदार होना, **to ~ a reputation for honesty** ईमानदारी के लिए प्रसिद्ध होना; to ~ people's affection जनता का स्नेहपात्र बन जाना; **~ings** *n pl* अर्जित धन, कमाई

earnest^1 अर्निस्ट *a* & *n* **1** सच्चा, दिली, हार्दिक; ~ prayer दिली प्रार्थना, ~ request साग्रह प्रार्थना या निवेदन, ~ desire हार्दिक इच्छा **2** लगन वाला, जोशीला, उत्साही, तत्पर, उद्यत, सरगर्म [an ~ worker]; *n* लगन, जोश, उत्साह, तत्परता, गंभीरता, **in (right) earnest** जी लगा कर, पूरी लगन के साथ, सच्ची भावना से, ज़ोर शोर से, जोश के साथ; **to be in earnest** सच्चे दिल से कहना (न कि मज़ाक में); **~ness** *n* लगन, सच्ची भावना; गंभीरता; जोश, उत्साह, तत्परता

earnest^2 *n* **1** साई, बयाना, पेशगी, अग्रिम धन, **2** पूर्व सूचना, शकुन, लक्षण, संकेत, प्रमाण, this is an ~ of what is to come (पूर्व सूचना, संकेत); this is an ~ of his good intentions (प्रमाण)

earth^1 अर्थ *n* **1** पृथ्वी, भूमि, धरती, धरा, ज़मीन, **2** मर्त्यलोक, संसार, जगत्, दुनिया, [**N.B. 'on earth'** is put after interrogative words to emphasize the question *e.g.* Why on earth do you want to know this ?. Where on earth have you been ?], **3** स्थल, थल, खुश्की, **4** (लोमड़ी आदि की) मांद, गुफा, **5** in *pl* मृत्तिका, मिट्टी [rare ~s, alkaline ~s], **6** (electricity) तार जिसका सिरा धरती में दबा दिया जाता हैं, भूसंपर्कित तार, **7** *comb*: **~work** (i) मिट्टी का बांध, धुस्स, छोटी दीवार, (ii) मिट्टी का काम, कटाई और भराई, **~-moving machinery** मिट्टी खोदने की मशीनें, **~worm** केंचुआ; **~-shaking** (*fig*) उथल-पुथल करने वाला; ज़ोरदार, भयंकर, ज़बरदस्त

earth^2 *vt* **1** (पौधों की जड़ों को) मिट्टी से ढक देना, **2** (बिजली के तार को) ज़मीन में गाड़ना, (विद्युत् धारा का) भूसंपर्क करना

earthen अर्थन *a* (पकाई हुई) मिट्टी का, **~-ware** *n* (पकाई हुई) मिट्टी के बर्तन, मृत्तिका पात्र, मृत्पात्र, मिट्टी का सामान

earthly अर्थ्लि *a* **1** पृथ्वी का, पार्थिव, धरती का, भूलोक का, सांसारिक, ऐहिक, ~ joys दुनियावी खुशियां, ~-minded सांसारिक विषयों में आसक्त, **2** (*colloq*, to make a statement emphatic =at all) बिल्कुल, तनिक भी, जरा भी, ही, there is **no ~ reason** for his coming late उसके देर से आने का बिल्कुल कोई कारण नहीं हो सकता, **there is no ~ use** going there वहां जाने का कोई फ़ायदा नहीं हैं; **no ~ chance** तनिक भी संभावना नहीं है

earthquake अर्थ्क्वेक *n* **1** भूचाल, भूकम्प, **2** *fig* (राजनीतिक, सामाजिक) विप्लव, उथल-पुथल, क्रांति

earthy अर्थि *a* **1** पृथ्वी का, पार्थिव, मिट्टी का, **2** *fig* भौतिक, दुनियावी, सांसारिक, (of person) of the earth earthy सांसारिक विषयों में आसक्त या लीन व्यक्ति

ease^1 ईज़ *n* **1** पीड़ा या कष्ट या दुःख न होना, (शारीरिक) सुख, आराम, चैन, (मानसिक) शांति, इतमीनान, निश्चिन्तता, **2 to be at ~** आराम से होना, निश्चिन्त होना, **3** (*mil*) **to stand at ~** आराम से खड़े होना, **4** सुविधा, सुभीता, आसानी, with ~ आसानी से

ease^2 *vt* & *i* **1** पीड़ा दूर करना या होना, आराम पहुंचाना, पीड़ा कम करना या होना, **2** (मन को) शांत करना, सान्त्वना देना, **3** (*joc*) to ~ s.o. of his purse किसी का बटुआ उड़ा लेना, **4** (कसी हुई चीज़, रस्सी आदि को) ढीला करना [Ease the coat under the armpits], **5** to ~ oneself मल-मूत्र त्याग करना, **6** *vi* **to ~ off** भार कम होना, बोझ हल्का होना; कम तनावपूर्ण हो जाना [The situation has eased off]

easeful *a* **1** सुखद, सुखप्रद, सुखदायक, आरामदेह, पीड़ाहर, **2** आराम में, आराम से, **3** आलसी, आलस्यपूर्ण, सुस्त

easel ईज़ल *n* चित्रफलक अथवा ब्लैकबोर्ड को खड़ा करने का चौखटा, चित्रफलक-आधार, ईज़ल

easement ईज़्मन्ट *n* **1** *law* दूसरे की ज़मीन पर से गुज़रने का अधिकार, इसी तरह की अन्य सुविधा, **2** मुख्य भवन से संलग्न इमारत, अतिरिक्त इमारत, झोंपड़ा, छप्पर

east ईस्ट *n* & *a* **1** पूर्व (दिशा), प्राची (दिशा), पूरब, **2** east (wind) पुरवैया, पुरवाई, **3 The E~** प्राच्य देश, पूर्व (या पूरब) के देश; **4 The Far E~** सुदूर पूर्व (अर्थात् चीन, जापान, थाईलैंड, वियतनाम, लाओस आदि) **The Middle E~** मध्यपूर्व (अर्थात् मिश्र से लेकर ईरान तक के देश); *a* पूर्व का, पूरब का, पूर्वीय, प्राच्य; *adv* पूर्व में, पूर्वी दिशा में, पूर्वी देशों में, पूर्व की ओर [to go ~, to travel ~]

Easter ईस्टर *n* ईसा के कब्र से उठने की स्मृति में मनाया जाने वाला त्योहार (जो २१ मार्च के बाद आने वाली पूर्णिमा के बाद प्रथम रविवार को पड़ता है); पुनरुत्थान पर्व, **Easter (week)** ईस्टर के रविवार से शुरू होने वाला सप्ताह, ईस्टर

easterly ईस्टर्लि *a* & *adv* पूर्व का, पूर्वी, पूर्वीय, पूर्व से आने वाला, ~ wind पुरवा, पुरवाई, पुरवैया; *adv* पूर्व में, पूर्वी दिशा में, पूर्व की ओर

eastern *a* & *n* पूर्वी, पूर्व में स्थित, पूर्व में रहने वाला, प्राच्य, **E~ Church** ईसाई धर्म की पूर्वी शाखा; *n* (i) पूर्व का निवासी, (ii) ईसाई धर्म की पूर्वी शाखा का अनुयायी

easy ईज़ि *a* & *adv* **1** आराम में, आराम से,

आराम का [~ life], सुखी, 2 जिसे कष्ट या घबराहट या चिन्ता न हो, कष्टरहित, चिन्तारहित, निश्चिन्त [to make one's mind ~ about sth], 3 आसान, सरल, सुगम, सहज, 4 (of person) आसानी से मान लेने वाला, 5 (of market) मन्दा, नरम, 6 (of commodity) जिस की बहुत मांग न हो, ~ **mark** आसानी से मान जाने वाला व्यक्ति, भोला; ~ **money** बेईमानी की कमाई; *adv* 1 निश्चिन्त हो कर, बिना घबराये; **to take things ~** चिन्ता न करना, **Take it ~** घबराओ मत, आराम से करो, केवल उतना ही करो जो ज़रूरी हो; 2 (*mil*) **Stand ~** आराम से खड़े हो जाओ, 3 **Easier said than done** करने से कहना आसान (होता) है, जितना कहना आसान है उतना करना नहीं, 4 **~-going** परवाह या चिन्ता न करने वाला, न घबराने वाला, आराम-पसन्द; **easily,** *adv* आसानी से, सहज में; he is easily upset वह ज़रा-सी बात से घबरा जाता है

eat ईट *vt & i* (ate, eaten) 1 खाना, भोजन करना, निगल जाना, (of animal) **to eat its head off** जानवर को खिलाने पर जितना खर्च हो उतना उस से लाभ न होना, बहुत महंगा पड़ना 2 **to ~ one's words** शरमिन्दा हो कर अपने शब्द वापस लेना, थूक कर चाटना, 3 **to ~ s.o. out of house and home** किसी का सब कुछ खा जाना, घर-बार उजाड़ देना, 4 **to ~ one's heart out** चुपचाप दुःख सहना, दुःख सहना पर शिकायत न करना (पर उफ़् तक न करना), 5 to ~ **away** धीरे-धीरे नष्ट करना, (धातु को) धीरे-धीरे काटना या खाना, 6 (of worm) to ~ **into** wood घुन लगना, 7 to ~ **up** पूरा खा जाना, बरबाद कर देना, आत्मसात् करना, विलीन करना, eaten up with pride अभिमान से भरा हुआ, महाभिमानी, 8 *vi* **to ~ out** कहीं बाहर (होटल आदि में) भोजन करना; **eating-house** *n* भोजनालय, ढाबा, **eats** *n pl* (*colloq*) खाने-पीने की चीज़े [plenty of ~ and drinks]

eatable ईट-बल *a & n* 1 खाने लायक, खाद्य, भोज्य, (*n* usu in *pl*) ~s खाद्य पदार्थ, खाने-पीने की चीज़े

eater ईटर *n* खाने वाला, भक्षक, **small ~** कम खाने वाला, big ~ बहुत खाने वाला, पेटू, खाऊ

eaves ईव्ज़ *n pl* छत का दीवार से बाहर निकला हुआ हिस्सा, छज्जा, ओलती; **eavesdrop** ईव्ज़्ड्रॉप *vi* छज्जे के नीचे (अर्थात् दरवाज़े या खिड़की के पास) खड़े हो कर घर वालों की बातें सुनना; *fig* छिप कर किसी की बात सुनना, कनसुई या कनसुइयां लेना; **eavesdropper** (usu *fig*) कनसुई लेने वाला

ebb^1 ऍब *n* 1 (also **ebb-tide**) समुद्र की लहर का उतार, लहर का पीछे हटना, भाटा, 2 *fig* घटाव, उतार, पतन, ह्रास, क्षय; **at a low ~** ह्रासोन्मुख, क्षीण दशा में, the patient is at a low ~ बीमार की हालत खराब है

ebb^2 *vi* 1 (of tide) पीछे हटना, उतरना, उतार पर होना [The tide is ~ing], 2 (of life, strength) ढलना, क्षीण होना, घटना

ebonite ऍबनाइट *n* गंधक मिला कर अधिक लचकदार और मज़बूत बनाया हुआ रबड़, गंधक-मिश्रित रबड़

ebony ऍबनि *n & a* आबनूस, एक प्रकार का पेड़ जिसके भीतरी भाग की लकड़ी बहुत काली होती है; *a* आबनूस (की लकड़ी) का, आबनूस की तरह काला

ebullience इबलिअंस *n* (f. foll) 1 उबाल, उफान, 2 (जवानी आदि का) जोश, उत्साह, 3 (क्रोध आदि भावनाओं की) अदम्यता

ebullient इबलिअंट *a* 1 उबलता हुआ, खौलता हुआ, 2 (of person) ज़ोशीला, उत्साही, ओजस्वी, 3 (of sentiment) उमड़ता हुआ, फूट कर बह निकलने वाला, रोके से न रुकने वाला, अदम्य

ebullition ऍब-लिशन *n* 1 उबाल, उफान, क्वथन, 2 जोश, उत्साह, (क्रोध आदि के कारण) आपे से बाहर हो जाना, आवेश

eccentric इक्सें`न्ट्रिक *a & n* 1 जो केन्द्र पर स्थित न हो, जो केन्द्र से इधर-उधर हो गया हो, जिसकी धुरी उसके केन्द्र में न हो, उत्केन्द्र, 2 (of orbit) जो वृत्ताकार न हो, अवृत्ताकार, अवृत्ताकार पथ पर घूमने वाला (ग्रह), 3 (of person, manner) (i) सनकी, वहमी, मौजी, खब्ती, (ii) विलक्षण, निराला, अजीब; *n* सनकी व्यक्ति

eccentricity इक्सन्ट्रिसिटि *n* 1 उत्केन्द्रता, 2 सनक, वहम, मौज, ख़ब्त, बहक, झक, 3 विलक्षणता, निरालापन

ecclesiastic इक्लीज़ियैस्टिक *n* पादरी; पुरोहित, **~al** *a* 1 ईसाई धर्म का, धर्म-संबंधी, धार्मिक, धार्मिक व्यवस्था-संबंधी, ईसाई समाज का, 2 पादरी या पादरियों का

echelon ऍशलों`न *n & vt* 1 सैनिकों का पंक्तियों में इस ढंग से खड़ा होना कि कोई किसी के ठीक आगे न हो, सोपानव्यूह, सोपानक, **in ~** सोपानव्यूह में, 2 (किसी संस्था में किसी) एक दर्जे या स्तर के लोग; दर्जा, स्तर; *vt* सैनिकों को सोपानव्यूह में खड़ा करना

echo^1 ऍको *n* (*pl* ~es) 1 प्रतिध्वनि, गूंज, 2 हू-बहू नकल, 2 नकल या अनुकरण करने वाला, 3 **~ verse** एक पद्य के अन्तिम पदांश को दूसरे पद्य के आरंभ में आवृत्ति करना, एक प्रकार की अन्त्याक्षरी

echo^2 *vi & t* 1 (of places, sounds) गूंजना, प्रतिध्वनित होना [His words ~ed through the hall], 2 *vt* (i) प्रतिध्वनित करना, शब्दों को दोहराना [The hills ~ed back his words] (ii) किसी के शब्दों या विचारों को दोहराना, हां में, हां मिलाना [We ~ed every word of the leader]

eclat ऍक्ला *n* बड़ी सफलता, शान, धूमधाम, ठाट-

बाट, **with great** ~ बड़ी धूमधाम से

eclectic इक्लेॅक्टिक *a* & *n* 1 दर्शन की विविध शाखाओं से अपने अनुकूल सिद्धान्तों को चुनने वाला, विविध ग्रन्थों या व्यक्तियों या धर्मों की अच्छी अच्छी बातें अपनाने वाला (व्यक्ति), चयनशील, 2 चयन करने का, चयनात्मक [~ method]; ~**ism** इक्लेॅक्टिसिज्म *n* सब की अच्छी अच्छी बातें अपनाने की प्रवृत्ति; चयनवृत्ति, संकलनवृत्ति, चयनशीलता, विचारों की उदारता

eclipse^{1} इक्लिप्स *n* 1 (सूर्य, चन्द्र का) ग्रहण, **total** ~ पूर्णग्रहण, 2 प्रकाशस्तम्भ के प्रकाश का (कभी कभी) दिखाई न देना, 3 चमक का कम होना या मिटना, 4 *fig* शक्ति, ख्याति आदि का ह्रास, to be **under an** ~ ख्याति, महत्त्व या शान घटना (also, to be **in** ~)

eclipse^{2} *vt* 1 एक ग्रह का अन्य ग्रह के प्रकाश को रोक लेना, ढक लेना, निष्प्रभ करना, अंधकारमय बनाना, ग्रस्त करना, ग्रसना, 2 प्रकाश स्तंभ आदि के प्रकाश को अवरुद्ध या तिरोहित करना, 3 *fig* (किसी को) मात करना, किसी की तुलना में अधिक महत्त्व या सफलता प्राप्त करना, किसी से बाज़ी ले जाना

ecliptic इक्लिप्टिक *n* & *a* सूर्य का (प्रतीयमान) पथ, सूर्यपथ; *a* 1 ग्रहण का, ग्रहण-संबंधी, 2 सूर्यपथ का

eclogue ऍक्लॉग *n* लघु कविता (वि० चरवाहों के कथोपकथन-विषयक, *e.g.* Virgil's Bucolics), गोपगीत

ecology ईकॉलजि *n* 1 जीव शास्त्र की शाखा जो बताती है कि किस प्रकार के प्राणी या पौधे कैसे परिवेश में पाये जाते हैं, परिवेशविज्ञान, परिस्थितिविज्ञान, **plant** ~ वनस्पतिपरिवेशविज्ञान, 2 **human** ~ मनुष्यों और उनके परिवेश के पारस्परिक प्रभाव का विज्ञान, मानवपरिवेशविज्ञान

economic ईकनॉमिक, ऍकनॉमिक *a* 1 अर्थशास्त्र का, अर्थशास्त्रीय, अर्थसंबंधी, आर्थिक, ~ system अर्थव्यवस्था, ~ depression मंदी, 2 जिससे आर्थिक लाभ हो, लाभकर, लाभकारी, लाभदायक, ~ **holding** लाभकारी जोत, गुज़ारेलायक जोत

economical ईक-, ऍक-नॉमिकल *a* 1 (of person) कम खर्च करने वाला, बचत करने वाला, मितव्ययी, 2 (of method) कम खर्च का, आर्थिक बचत का, किफ़ायत का, किफ़ायती; ~**ly** *adv* 1 किफ़ायत से, मितव्ययिता से, 2 आर्थिक दृष्टि से

economics ईक-नॉमिक्स. *n pl* (treated as sing) 1 अर्थशास्त्र, 2 आर्थिक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था [the ~ of a country]; **economist** ईकॉनमिस्ट *n* 1 अर्थशास्त्री, 2 मितव्ययी, कम खर्च करने वाला

economization *n* मितव्ययिता (see foll)

economize ईकॉनमाइज़ *vt* & *i* 1 कम खर्च करना, खर्च घटाना, बचत करना; पूरा लाभ उठाना, व्यर्थ न गँवाना [to ~ resources, time], 2 *vi* **to** ~ **on sth** कम खर्च या प्रयोग करना [We must ~ on fuel]

economy इकॉनमि *n* 1 अर्थव्यवस्था, 2 मितव्ययिता [to practise ~]; ~ class विमानयात्रा का सबसे कम भाड़े वाला दर्जा; ~ **size** (of goods etc] बड़ा एवं सस्ता; किफ़ायती साइज़

ecstasize ऍक्स्ट-साइज़ *vt* & *i* (f. foll) आनन्दविभोर करना या होना

ecstasy ऍक्स्टसि *n* 1 तन्मयता, विभोरता, विह्वलता, 2 ~ **of joy** अपार आनन्द, आनन्दातिरेक, उल्लास, हर्षोन्माद, **to be in, to go into, ecstasies** (over sth) अपार आनन्द होना, 3 समाधि, वह अवस्था जिसमें व्यक्ति को इन्द्रियों के विषयों की अनुभूति नहीं होती

ecstatic इक्स्टॅटिक *a* 1 विह्वलता का, आनन्द का, समाधि का, 2 विह्वल करने वाला, आनन्दविभोर करने वाला, समाधि लाने वाला, 3 आनन्दित, आनन्दविभोर

ecumenical ईक्युमेॅनिकल see oecumenical

eczema ऍक्ज़िमः *n* (अनेक प्रकार का) चर्मरोग जिसमें प्रायः खुजली होती है, पामा, एकज़ीमा; ~**tous** *a* चर्मरोगग्रस्त, चर्म रोग से पीड़ित

eddy ऍडि *n* & *vi* 1 भँवर, चक्कर, 2 बवंडर, बगूला; *vt* 1 भँवर पड़ना, 2 बगूला उठना; हवा में चक्कर खाना

Eden ईडन *n* 1 (= the Garden of Eden) वह बाग जहां आदम और हव्वा रहते थे, 2 स्वर्ग, 3 परमानन्द

edge^{1} ऍज *n* 1 (हथियार की) धार, 2 धार की तीक्ष्णता, **to take the** ~ **off** a knife etc. चाकू की धार मार देना; to take the ~ off (appetite, argument, criticism, etc) (भूख की) तेज़ी कम करना, भूख मार देना, दलील का ज़ोर कम कर देना, आलोचना की तीक्ष्णता या तीव्रता या कटुता कम कर देना, 3 (ईट आदि की) नोक, कोण, 4 (वस्त्र, सिक्के, वन, खाई, चट्टान, सड़क आदि का) सिरा, किनारा, (वस्त्र का) आँचल, (चट्टान का) कगार, 5 (पहाड़ी की) चोटी, शिखर, 6 *fig* संकट की स्थिति या घड़ी, 7 **to set s.o.'s teeth on edge** घृणा या अरुचि पैदा करना, परेशान करना (ऐसी अनुभूति पैदा करना जैसी कि कर्कश ध्वनि सुनने या खट्टी चीज़ खाने से होती है); 8 **to have the** ~ **on** s.o. (*colloq*) किसी की अपेक्षा अच्छी स्थिति में होना; से बढ़कर होना

edge^{2} *vt* & *i* 1 (हथियार को) तेज़ करना, धार तेज़ करना, 2 झालर या किनारा या किनारी लगाना, 3 का किनारा या सिरा होना [The road is ~d **with** grass], 3 धीरे-धीरे घुसना या घुसाना (या घुसेड़ना), to ~ (one's way) **into a room, to** ~ **in** (भीड़ आदि के कारण) तिरछे होकर धीरे-धीरे कमरे में घुसना; **to** ~ **out, away** खिसक जाना, 4 **to** ~ **on**=to egg on (see egg^{2})

edged *a* (of weapon) तेज़, तीक्ष्ण, two-~ *or* double-~ sword दुधारी तलवार

edgeways, edgewise *adv* 1 सिरे को आगे करके या ऊपर करके, तिरछा करके, तिरछे होकर, 2 **to get a word in edgeways** बातचीत के दौरान दूसरे व्यक्ति के तनिक चुप करने पर स्वयं एक-आध शब्द कह देना [He went on talking and I couldn't get a word in edgeways], 3 (दो चीज़ों के) सिरों को मिलाकर, सिरे से सिरा मिला कर

edible ऍडिबल *a* & *n* (= eatable)

edict ईडिक्ट *n* आज्ञा, राजाज्ञा, राजघोषणा, आदेश, फ़रमान

edification ऍडिफ़िकेशन *n* (f. edify) 1 आध्यात्मिक लाभ या उन्नति, आचार-विचार में सुधार, 2 शिक्षा, उपदेश, ज्ञान(-प्राप्ति), जानकारी

edifice ऍडिफ़िस *n* (विशाल) भवन, मन्दिर, इमारत, बड़ा मकान, हवेली; (*fig*) ~ of hopes आशाओं का भवन

edify ऍडिफ़ाइ *vt* 1 आध्यात्मिक लाभ पहुंचाना या सुधार करना, आचार-विचार सुधारना, 2 शिक्षा देना, उपदेश देना, ज्ञानचक्षु खोलना; ~**ing** *a* जिस से आध्यात्मिक लाभ हो, जिससे शिक्षा या उपदेश मिले, जिससे ज्ञानचक्षु खुले, शिक्षाप्रद [~ing discourses]

edit ऍडिट *vt* 1 (दूसरे की कृति को) ठीक-ठाक करके या टिप्पणियां देकर छपने के लिए तैयार करना, 2(पत्र आदि का) संपादन करना, संपादक होना, 3 (लेख, समाचार आदि में) काट-छांट करना

edition इडिशन *n* 1 प्रकाशित ग्रन्थ या पत्र आदि का रूप एवं आकार, संस्करण, popular ~ जनता संस्करण, 2 आवृत्ति (second, third, etc ~), 3 अंक, special ~ विशेषाङ्क

editor ऍडिटर *n* संपादक; (*fem* editress) संपादिका; ~**ship** संपादकत्व

editorial ऍडिटॉरियल *a* & *n* संपादक का, संपादकीय; *n* संपादकीय (लेख), अग्रलेख

educate ऍजुकेट *vt* 1 शिक्षा देना, तालीम देना, पढ़ाना-लिखाना, सिखाना, 2 (पशुओं को) सधाना, **educator** *n* शिक्षक, **educative** *a* शिक्षाप्रद

education ऍजुकेशन 1 शिक्षा, तालीम, पढ़ाई-लिखाई, पठन-पाठन, 2 ज्ञानोपार्जन ज्ञानवर्द्धन, 3 (पशुओं की) सधाई; ~**al** *a* शिक्षा का, शिक्षासंबंधी, शैक्षिक, शैक्षणिक, तालीमी; ~**ist** शिक्षाशास्त्री, शिक्षाविशेषज्ञ

educe इड्यूस *vt* 1 (गुप्त शक्तियों का) विकास करना, 2 (उपलब्ध तथ्यों से कोई) सिद्धान्त निकालना या निर्धारित करना, निष्कर्ष निकालना

educible *a* उपलभ्य (सिद्धान्त आदि), निकाला जा सकने वाला (निष्कर्ष, परिणाम)

educt इडक्ट *n* (see educe) अनुमान, निष्कर्ष

eduction इडक्शन *n* अनुमान (लगाना) निष्कर्ष (निकालना), निष्कर्षण, सद्योअनुमान

eel ईल *n* 1 सर्पाकार मछली, सर्पमीन, ईल, 2 *fig* फिसल जाने वाला जीव, पकड़ में न आने वाला आदमी; टाल-मटोल करने वाला [as slippery as an ~]

eerie, eery इयरि *a* अजीब, रहस्यमय एवं भयानक [an ~ sound]

efface इफ़ेस *vt* 1 मिटा देना, 2 *fig* अस्तित्व मिटा देना, ख़त्म कर देना; मात कर देना, 3 **to ~ oneself** अपने अभिमान को मिटा देना, अपने आपको तुच्छ बताना

effect^{1} इफ़ेॅक्ट *n* 1 परिणाम, फल, नतीजा; कार्य, **cause and ~** कारण और कार्य, **in ~** व्यवहार रूप में, वस्तुत:, **without ~** निष्फल, बेकार, व्यर्थ, 2 प्रभाव, (औषध का) गुण, गुणकारिता, 3 **to take ~** (i) प्रभाव डालना, प्रभाव दिखाना, (ii) (नियम, कानून का) लागू होना, (iii) (औषध का) असर दिखाना, गुणकारी सिद्ध होना, काम करना, 4 **to give ~ to sth** कार्यान्वित करना, पर अमल करना, लागू करना, **to carry sth into ~** कार्यान्वित करना, **with ~ from** (अमुक तिथि या समय) से लागू होकर, 5 आशय, तात्पर्य, I have received a letter **to the same effect** मुझे भी इसी आशय का पत्र मिला है, 6 (सुनने या देखने वाले पर पड़ने वाला) प्रभाव [sound ~s, colour ~s], 7 **effects** माल, सामान, मालमत्ता, जायदाद, संपत्ति, personal ~s निजी सामान; (banking) **No effects** खाते में रुपया नहीं है

effect^{2} *vt* 1 करना, बनाना, पूरा करना, सम्पन्न करना, to ~ one's purpose अपना प्रयोजन सिद्ध करना, अपना काम निकालना, 2 to ~ an insurance policy बीमा कराना, बीमा-पालिसी लेना

effective इफ़ेॅक्टिव *a* & *n* 1 अभीष्ट काम अच्छी तरह करने वाला (व्यक्ति, पदार्थ या उपाय), कार्य सिद्ध करने वाला, कार्यसाधक, कारगर, the medicine was ~ दवा काम कर गई, दवा कारगर सिद्ध हुई, 2 प्रभाव डालने वाला, प्रभावी, प्रभावशाली, ज़बरदस्त, ज़ोरदार [~ speaker, speech], 3 सफल, प्रभावी, ~ blockade सफल या प्रभावी नाकाबन्दी, 4 युद्ध मे भाग लेने के योग्य, समर्थ, ~ troops समर्थ सैनिक, the effective strength of the army सेना के समर्थ सैनिकों की संख्या, 5 वास्तविक, विद्यमान, वर्तमान, the ~ membership of the society सभा की वास्तविक सदस्य-संख्या, ~ purchaser वास्तविक क्रेता; *n* समर्थ सैनिक; ~**ly** *adv* ज़ोरदार या प्रभावशाली ढंग से, सफलतापूर्वक; ~**ness** प्रभाव, प्रभाविता

effectual इफ़ेॅक्चुअल *a* 1 कार्यसाधक, कारगर, काम पूरा करने वाला, प्रभावोत्पादक, ~ measures कारगर उपाय, 2 वैध [~ contract]; लागू [~ rule, regulation]

effeminacy इफ़ेॅमिनसि *n* स्त्रियों का सा स्वभाव, स्त्रीस्वभाव, स्त्रीप्रकृति, ज़नानापन, स्त्रैणता

effeminate इफ़ेॅमि-निट *a* 1 जनाना, स्त्रियोचित,

स्त्रैण, 2 पौरुषहीन, दुर्बल

efferent ऍफ़-रन्ट *a* (*physiol*) बाहर ले जाने वाली (नाड़ी आदि), अपवाही [~ artery]

effervesce ऍफ़र्वे॑स *vi* 1 बुदबुदाना, बुलबुले उठना, झाग उठना, 2(of person) जोश में आना, चुलबुलाना, उत्साहपूर्ण होना; **~nce** *n* 1 बुदबुदाहट, झाग उठना, 2 जोश, चुलबुलाहट, चुलबुलापन **~nt** ऍफ़र्वे॑सन्ट *a* 1 जिसमें बुलबुले उठ रहे हों, फेनिल [~ drink], 2 (of person) जोश भरा, उत्साहपूर्ण, चुलबुला

effete ऍफ़ीट *a* (of method etc) 1 पुराना-धुराना, दकियानूसी, बेकार, निकम्मा, 2 असमर्थ, अशक्त

efficacious ऍफ़िकेशस *a* (of thing, esp of medicine) अवश्य काम करने वाला या असर दिखाने वाला, गुणकारी, अचूक, कारगर, अमोघ, रामबाण (औषध)

efficaciousness, efficacy *nn* अमोघता, गुणकारिता, a drug of known efficacy औषध जिसकी गुणकारिता प्रसिद्ध है

efficiency इफ़िशन्सि *n* (f. foll) 1 (of person) कुशलता, कार्यकुशलता, दक्षता; **~ bar** वेतनवृद्धि पर लगी रोक जो दक्षता प्रमाणित करने पर हटा ली जाती है, दक्षता-रोक, 2 *mech* कार्यक्षमता

efficient इफ़िशन्ट *a* 1(of person) कुशल, कार्यकुशल, समर्थ, योग्य, लायक [an ~ general], 2 (of action) कुशलतापूर्वक किया हुआ, अच्छा [~ work, ~ management], 3 (of instrument) अच्छा काम करने वाला [an ~ bicycle], 4 **efficient cause** निमित्त कारण

effigy ऍफ़िजि *n* पुतला, **to burn** *or* **hang s.o. in ~** किसी का पुतला जलाना या पुतले को फांसी देना

effloresce ऍफ़्लरे॑स *vi* 1 फूल आना, फूल खिलना, पुष्पित होना, प्रस्फुटित होना, फूटना, विकसित होना, *fig* बहार आना, फूलना-फलना, 2 (of ground or wall) शोरा या लोनी लगना

efflorescence ऍफ़्ल-रे॑सन्स *n* 1 विकास, फूलना-फलना, फूल खिलने का समय, 2 *fig* बहार, बसन्त (काल), विकास(काल) [the ~ of Sanskrit literature in the Gupta period]; **efflorescent** ऍफ़्लरे॑सन्ट *a* विकासमान, विकसित, खिला हुआ, प्रस्फुटित

effluence ऍफ़्लुअन्स *n* 1 (प्रकाश, विद्युत् आदि का) बाहर आना, बहिर्गमन, निर्गम, निकास, 2 बाहर निकलने वाली वस्तु, निःस्यन्द, प्रवाह, धारा

effluent ऍफ़्लुअन्ट *a* & *n* बहिर्गामी; *n* (तालाब, झील आदि से) निकलने वाला प्रवाह, धारा आदि; कारख़ाने आदि से निकलने वाला मल

effluvium *n* निःश्वास में विद्यमान (दुर्गन्धपूर्ण) तत्त्व, दुर्गन्ध

efflux ऍफ़्लक्स *n* (द्रव, हवा, गैस आदि का) बाहर निकलना, निकास, स्राव, बहिस्स्राव, 2 बाहर निकलने वाला द्रव, हवा, गैस आदि

effort ऍफ़र्ट *n* 1 यत्न, प्रयत्न, प्रयास, कोशिश, मेहनत, चेष्टा, उद्यम, अध्यवसाय, ज़ोर लगाना [to make an ~ to do sth]; **~less** *a* 1 उद्यम या प्रयत्न न करने वाला, हाथ पर हाथ धरे बैठे रहने वाला, निष्क्रिय, 2 बिना यत्न के होने वाला, स्वाभाविक, सहज, सुगम, आसान

effrontery इफ़्रन्टरि *n* धृष्टता, गुस्ताख़ी, दुस्साहस, निर्लज्जतापूर्ण ढिठाई

effulgence ऍफ़ल्जन्स *n* दीप्ति, कान्ति, चमक; **effulgent** *a* दीप्तिमान्, देदीप्यमान, चमकता हुआ

effusion इफ़्यूश्ज़न *n* 1 फूट पड़ना, बह निकलना, प्रवाह, झड़ी, अदम्य प्रवाह, 2 (oft *contempt*, of literary work) अमर्यादित उद्‌गार, बकवास [I have never read such an ~]

effusive इफ़्यूसिव *a* (of speech or emotions) 1 फ़व्वारे की तरह छूटता हुआ, धूआँधार, बहुत अधिक [~ thanks], अदम्य, बेकाबू, to be ~ झड़ी लगा देना, He was ~ in his thanks, compliments उसने बहुत-बहुत धन्यवाद किया, उसने भूरि-भूरि प्रशंसा की, 2 दिखावा करने वाला

egalitarian इगैलिटे॑अ-रिअन *a* & *n* 1 सब व्यक्तियों के समान अधिकारों पर आधारित, समता या समतावाद पर आधारित, ~ society समतावादी समाज, सम-समाज, 2 (of person) समता के सिद्धान्त को मानने वाला, समतावादी; **~ism** समतावाद

egg^1 ऍग *n* 1 अंडा, 2 अण्डाणु, **in the ~** आरंभिक अवस्था में, 3 **to teach one's grandmother to suck ~s** अपने से अधिक अनुभवी व्यक्ति को परामर्श या शिक्षा देना, दाई को दूध पिलाना, 4 **to have, put, all one's ~s in one basket** एक ही कारोबार पर सब कुछ लगा देना, 5 **~-flip** ब्रांडी आदि में अंडा फेंट कर बनाया गया पेय; **egg-plant** बैंगन का पौधा; **egg-shell** *n* अंडे का खोल; *a* बहुत पतला [~-shell china, paper, etc]

egg^2 *vt* **to egg s.o. on to do sth** किसी को कोई काम करने के लिए प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना, उत्तेजित करना, उकसाना

eglantine ऍग्लन्टाइन *n* एक प्रकार की झाड़ी

ego ईगो, ऍगो *n* अहम्, मैं, आत्मा; **~centric** अहंकेन्द्रित, आत्मकेन्द्रित, अहंमन्य

egoism ऍगोइज़्म *n* 1 यह सिद्धान्त कि मानव के सब कार्य आत्महित की भावना से प्रेरित होते हैं, स्वहितवाद, स्वार्थवाद, 2 स्वार्थपरता, 3 आत्माभिमान, अहंभाव, अहंकार, अहंमन्यता, **egoist** *n* अहंमन्य; स्वार्थी; **egoistic(al)** *a* स्वार्थपूर्ण; अहंकारपूर्ण

egotism ऍग-टिज़्म *n* 1 हर बात में मैं-मैं करना,

अहंकार, अपने आप को महत्त्व देना, अपनी प्रशंसा करना, अहंमन्यता, अहंवादिता, आत्माभिमान, 2 स्वार्थपरता

egotist ऍग-टिस्ट *n* अहंमन्य या अभिमानी व्यक्ति; **~ic(al)** *aa* अहंमन्य, अभिमानी; अहंकारपूर्ण, अभिमानपूर्ण

egregious इग्रीजस *a* परले दर्जे का, बेहद, अत्यन्त, सख़्त, भारी [~ fool, ass, liar, imposter, folly, blunder, waste, etc.]

egress ईग्रे'स *n* 1 बाहर जाना, निकास, निर्गमन, 2 बाहर जाने का अधिकार, 3 बाहर जाने या निकलने का रास्ता, निर्गम(-द्वार)

egression इग्रे'शन *n* 1 बाहर जाना, निर्गमन, निकलना

Egyptian ईजिप्शन *a* & *n* मिस्र का (निवासी), मिस्री

eider आइडर (also ~ **duck**)*n* उत्तरी ध्रुव में पाई जाने वाली वत्तख़

eight एट *a* & *n* आठ; **eightfold** *a* & *adv* आठ गुना, आठ बार, **eighteen** *n* अठारह, **eighth** एट्थ *a* आठवां, अष्टम, अष्टमी

either आइदर, ईदर (i)*a* & *pron* (ii) *adv*& *conj* 1 दोनों; either view is tenable दोनों मत मान्य हैं; *pron* दोनों में से कोई भी, दोनों [I don't believe either of you], 2 दोनों में से कोई एक, Either of you can go आप दोनों में से कोई एक जा सकता हैं, 3(*conj or adv*)**either... or** या... या, He is either drunk or mad वह या तो नशे में है या पागल है; Either come in or go out या अन्दर आ जाओ या बाहर चले जाओ

ejaculate इजैक्युलेट *vt* 1 एकाएक बोल उठना या पुकारना, चिल्लाना, 2 (शरीर से द्रव) निकालना या निकाल फेंकना; **ejaculation** *n* 1 चीख, पुकार, चीत्कार, चिल्लाहट; उद्‌गार, 2 उद्‌गिरण

eject इजे'क्ट *vt* 1 (स्थान, सभा, संघ आदि से) निकालना, निकाल बाहर करना, हटाना, 2 (किरायेदार आदि को) बेदखल करना, 3 (शोला आदि) फेंकना, छोड़ना, निकालना, 4 *vi* (of pilot) छाता लेकर विमान से कूद पड़ना; **ejection** *n* बेदखली; निष्कासन; **ejectment** *n* बेदखली

eke ईक *vt* **to ~ out** थोड़ी चीज़ में कुछ जोड़ना (ताकि वह अधिक समय तक चल सके), बढ़ाना, वृद्धि करना [In order to ~ out an insufficient salary, he used to coach students at home]; to ~ out the soup with water पानी डाल कर शोरबा बढ़ाना, **to ~ out a livelihood** जैसे-तैसे गुज़ारा चलाना या निर्वाह करना

elaborate¹ इलैब्‌रिट *a* 1 मेहनत से तैयार किया हुआ, बड़ी सावधानी से किया हुआ, सुसंपादित, 2 जिसके बनाने या करने में एक-एक या छोटी-छोटी बात का ध्यान रखा गया हो; ~ examination सूक्ष्म परीक्षा, 3 विस्तृत, बड़े पैमाने पर, विस्तार-सहित

elaborate² इलैबरेट *vt* & *i* 1 श्रम या मेहनत से बनाना या करना, 2 (सिद्धान्त आदि का) पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करना, विस्तारपूर्वक प्रतिपादित करना, 3 *vi* विस्तार से कहना [I need not ~]

élan F एलाँ *n* 1 जान, बल, शक्ति, आवेग, ज़ोर, जोश; ~ **vital** (एलाँ वीटाल) जीवनी शक्ति

elapse इलैप्स *vi* (समय का) बीतना, बीत जाना, व्यतीत होना, गुज़रना

elastic इलैस्टिक *a* & *n* 1(of solids, liquids & gases) सिकुड़ने या फैलने के बाद स्वतः पूर्व आकार ग्रहण करने वाला, लचकदार, लचीला, 2 (of feelings or person) उमड़ता हुआ, अदम्य, जोशभरा, उत्साहभरा, उल्लसित, 3 अपने आपको स्थिति के अनुकूल ढाल लेने वाला, अनुकूलनशील [~ conscience], 4 स्थिति के अनुसार बदलने वाला; ~ demand मूल्य के अनुसार घटने-बढ़ने वाली मांग, मूल्य-सापेक्ष या लोचदार मांग; *n* लचीला फीता या डोरी

elasticity इलैस्टिसिटि *n* (see prec) 1 लचक, लोच, लचीलापन, 2 उत्साह, उमंग जोश, 3 *econ* लोच, मूल्यसापेक्षता [~ of demand]

elate इलेट *vt* 1 प्रोत्साहित करना, उल्लसित करना, 2 (chiefly in *pass*) to be ~d गर्वित होना, उल्लसित होना [~d by his success], **to be ~ed with joy** खुशी से फूला न समाना

elation इलेशन *n* हर्ष, उल्लास, गर्व, अभिमान, नशा

elbow¹ ऍल्बो *n* 1 कोहनी, (कोहनी के आकार का) मोड़, कोना; पाइप का मुड़ा हुआ टुकड़ा, मोड़, 2 **to be at s.o.'s ~** किसी के बिल्कुल पास या निकट होना, **out at ~s** (i) कोहनी से फटा हुआ (कोट आदि), (ii) निर्धन (व्यक्ति), 3 *comb:* **~-grease** रगड़ाई या शारीरिक श्रम (जिसमें कोहनी का ज़ोर लगे); Put a bit of ~-grease into it इस काम में ज़रा ज़ोर लगाओ, यह काम ज़रा मेहनत से करो, 4 **~-room**(चलने-फिरने या काम करने के लिए) काफ़ी या बहुत जगह; to have elbow-room (*i*) काफ़ी जगह होना,(ii) काम करने में स्वतन्त्रता

elbow² *vt* & *i* कोहनी मारना, to ~ s.o. aside किसी को कोहनी मार के हटा देना; to ~ one's way through the crowd कोहनी मार कर भीड़ में से रास्ता बना लेना, धक्कमधक्का करते हुए भीड़ में आगे बढ़ना

elder¹ ऍल्डर *a* & *n* 1 (दो में से) बड़ा, 2 बड़ी उम्र का, वयोवृद्ध [~ statesman]; *n* (in *pl*) आयु में बड़े लोग; बड़े बूढ़े Respect your elders बड़ों की इज़्ज़त करो; **~ly** *a* अधेड़, प्रौढ़, वयोवृद्ध

elder² *n* सफ़ेद फूलों वाला पेड़-विशेष

eldest *a* सबसे बड़ा, ज्येष्ठ

El Dorado ऍल् डराडो *n* सोने से भरपूर काल्पनिक देश या नगर, स्वर्णदेश, स्वर्णनगर, सोने की नगरी

elect^{1} इलेॅक्ट *a* & *n* 1 (किसी पद के लिए) निर्वाचित, the President elect नवनिर्वाचित राष्ट्रपति या प्रधान या सभापति, 2 चुना हुआ, ख़ास, विशिष्ट, उत्कृष्ट; (*n*) the elect (*theol*) ईश्वर के प्यारे

elect^{2} *vt* 1 चुनना, चुनाव करना, निर्वाचन करना, 2 पसन्द करना, निश्चय या निर्णय या फ़ैसला करना [to ~ to do sth]

election इलेॅक्शन *n* चुनाव, निर्वाचन, ~ booth निर्वाचन-केन्द्र, ~ campaign चुनाव आन्दोलन, चुनाव अभियान, E~ Commission चुनाव आयोग, निर्वाचन आयोग

electioneer इलेॅक्शनियर *vi* चुनाव की दौड़-धूप करना, चुनाव-प्रचार में व्यस्त होना; **~ing** *n* चुनाव प्रचार, चुनाव-अभियान

elective इलेॅक्टिव *a* (of official) 1 चुनाव या निर्वाचन द्वारा नियुक्त होने वाला, निर्वाचित, 2 (of office) निर्वाचन द्वारा भरा जाने वाला (पद), निर्वाचन-सापेक्ष; निर्वाचनापेक्ष, 3 वैकल्पिक, ऐच्छिक [~ subjects]

elector इलेॅक्टर *n* चुनने वाला, निर्वाचक, मतदाता

electoral इलेॅक्ट्रल *a* निर्वाचकों का, निर्वाचन-संबंधी, ~ **college** (see college)

electorate इलेॅक्ट्रिट *n* निर्वाचक गण, (निर्वाचन क्षेत्र के सारे) मतदाता

electric इलेॅक्ट्रिक *a* बिजली का, विद्युत्-संबंधी, **electric chair** बिजली (से प्राणदंड देने) की कुर्सी; ~ **shock** बिजली का धक्का, विद्युत्-आघात; **~al** *a* बिजली का, विद्युत्-संबंधी, वैद्युत

electrician इलेॅक्ट्रिशन *n* बिजली (का काम करने) वाला, बिजली-मिस्त्री, विद्युत्-विशेषज्ञ

electricity इलेक्-ट्रिसिटि *n* 1 बिजली, विद्युत्, 2 विद्युत्-विज्ञान

electrification *n* (see foll) 1 बिजली लगाना, 2 (रेल को) विद्युत्-चालित करना

electrify इलेॅक्ट्रिफ़ाइ *vt* 1 बिजली लगाना, बिजली पहुंचाना, 2 (व्यक्ति को) बिजली का धक्का लगाना, बिजली दौड़ाना, 3 *fig* (श्रोताओं, दर्शकों को) चौंका देना, उत्तेजित करना, जोश दिलाना, रूह फूंक देना [to ~ an audience], 4 (वाष्पचलित रेल या अन्य यन्त्रों को) विद्युत्-चालित करना, बिजली से चलाना

electrocute इलेॅक्ट्र-क्यूट *vt* बिजली द्वारा मारना या प्राणदंड देना; **electrocution** *n* बिजली द्वारा प्राणदंड; बिजली (लगने) से मृत्यु

electrolysis इलेॅक्ट्रॉलिसिस *n* बिजली द्वारा यौगिक पदार्थ का विश्लेषण, विद्युत्-अपघटन

electro-magnetic *a* विद्युत्-चुंबकीय

electron इलेॅक्ट्रॉन *n* (परमाणु के भीतर) ऋणविद्युत् का कण (जो परमाणु के केन्द्र के इर्दगिर्द घूमता रहता है), ऋणविद्युदणु, इलेक्ट्रान

electronics *n* इलेक्ट्रानिकी, ऋणविद्युत्कण (electron) की गति का विज्ञान (जिसका प्रयोग रेडियो, टी०वी० आदि में होता है)

electropathy *n* बिजली द्वारा इलाज, बिजली का इलाज, विद्युत्-चिकित्सा

electroplate इलेॅक्ट्रोप्लेट *vt* बिजली से मुलम्मा करना; **electroplating** *n* बिजली से मुलम्मा करने का काम, विद्युत्-लेपन

elegance ऍलिगन्स *n* (see foll) 1 मनोरमता, नज़ाकत, 2 लालित्य, सुरुचि, सुरुचिसम्पन्नता, 3 शान, भव्यता, 4 उत्कृष्टता, बढ़ियापन

elegant ऍलिगन्ट *a* 1 (of movements, manners) नज़ाकत-भरा, मनोरम, मंजुल, चारु, 2 (of style) ललित, लालित्यमय, सुरुचिपूर्ण, परिष्कृत, सम्मार्जित, 3 (of author) सुरुचिसम्पन्न, 4 (of mode of life) भव्य, शानदार, सुखसाधनसंपन्न, अमीराना, संभ्रान्त, 5 *vulg* उत्कृष्ट, बढ़िया, अव्वल दर्जे का

elegiac ऍलिजाइअक *a* & *n* 1 (of poetry) करुण, करुणरसप्रधान, शोकप्रधान, 2 (of metre) शोकगीत के उपयुक्त; *n* (in *pl*) ~s करुण काव्य, शोक-गीति

elegize ऍलिजाइज़ *vi* & *t* शोकगीत लिखना

elegy ऍलिजि *n* करुण गीत, शोकगीत, शोकगीति, मरसिया

element ऍलिमन्ट *n* 1 तत्व, अंश, भाग, अवयव, घटक, कुछ, थोड़ा बहुत [There is an ~ of truth in what he says], 2 भौतिक तत्व, भूत, महाभूत (अर्थात् पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और—भारतीय शास्त्रों के अनुसार—आकाश भी), 3 पांच भूतों में से कोई एक जो किसी जीव का निवास हो; (*fig*) **to be in one's ~** अनुकूल वातावरण में होना, नैसर्गिक परिवेश में होना, **to be out of one's ~** नैसर्गिक परिवेश या अनुकूल वातावरण में न होना, 4 (in *pl*) **the ~s** प्रकृति की शक्तियां, आंधी, तूफ़ान आदि [exposed to the fury of the ~s], 5 (in *pl*) किसी विषय का प्रारंभिक ज्ञान [the ~s of physics etc]

elemental ऍलिमेॅन्टल *a* 1 भौतिक तत्वों से संबंधित, भौतिक, प्राकृतिक, 2 प्रकृति की शक्तियों का या शक्तियों से संबंधित, ~ worship प्रकृति की शक्तियों की पूजा, 3 मूलभूत, सारभूत, आधारभूत, तात्विक, आवश्यक आदि

elementary एलिमेॅन्ट्रि *a* 1 आरंभिक, प्राथमिक [~ education, school, etc], 2 *chem* अखंडनीय

elenchus इलेॅङ्कस *n* 1 तर्क द्वारा खंडन या प्रत्याख्यान, 2 **Socratic ~** प्रश्नोत्तर द्वारा सत्य का पता लगाने की विधि

elephant ऍलिफ़न्ट *n* 1 हाथी, हस्ती, गज, 2 **white elephant** (i) सफ़ेद हाथी, (ii) ऐसा व्यक्ति

या पदार्थ जिस पर खर्च बहुत होता हो पर जिस की कोई उपयोगिता न हो, खर्चीला किन्तु अनुपयोगी व्यक्ति या पदार्थ

elephantiasis ऍलिफ़न्टाइअ-सिस *n* चर्मरोग जिस में खाल हाथी की खाल जैसी हो जाती है, हाथीपांव, फ़ील-पा, श्लीपद

elephantine ऍलिफ़ैन्टाइन *a* 1 हाथी का, हाथी-जैसा, 2 भद्दा, बेडौल, बेढंगा [~ movements], 3 बृहदाकार, बहुत लंबा-चौड़ा, इतना बड़ा या बोझिल कि संभाला न जा सके, 4 **elephantine wit** मोटी अक्ल

elevate ऍलिवेट *vt* 1 (ऊपर) उठाना, ऊंचा करना, 2 (नज़र, आवाज़) ऊंची करना [to ~ one's eyes, voice], 3 (पद) ऊंचा करना या बढ़ाना या उन्नत करना, पदोन्नति करना, 4 (आचार-विचार) उन्नत करना [to ~ morally]

elevated *a* 1 उन्नत, उत्कृष्ट [~ style], 2 ~ personage गौरवशाली या गौरवान्वित या गण्य-मान्य व्यक्ति

elevation ऍलिवेशन *n* 1 ऊंचा उठाना, 2 उन्नति, पदोन्नति, 3 क्षितिज के साथ तोप का कोण (जो तोप के लक्ष्य की ऊँचाई सूचित करता है), 4 (पहाड़ी आदि की) समुद्र तल से ऊँचाई, 5 ऊंची जगह, चढ़ाई, 6 इमारत की सामने की ओर का नक्शा, सम्मुख दर्शन, खड़ा नक्शा, 7 महिमा, गौरव, गरिमा, प्रताप, शान

elevator ऍलिवेटर 1 ऊंचा उठाने का यन्त्र; उत्थापन यन्त्र, उत्थापक, 2 लिफ़्ट

eleven इलेॅवन *a* & *n* 1 ग्यारह, 2 **an ~** (क्रिकेट आदि की) टीम (जिसमें ग्यारह खिलाड़ी हों), 3 **The E~** (ईसा के) ग्यारह शिष्य (जिनमें Judas की गणना नहीं होती); **~th** *a* ग्यारहवां; **at the eleventh hour** (see hour)

elf ऍल्फ़ *n* (*pl* elves) (Germanic *myth*) 1 दिव्य प्राणी, अप्सरा, परी, फ़रिश्ता, 2 शरारती या उपद्रवी जीव, 3 बौना, 4 लघु प्राणी; **~-land** = fairy-land; **~ish** *a* शरारती; **elfin** *a* अप्सरा या फ़रिश्ते का, अप्सरा जैसा, फ़रिश्ते-जैसा, दिव्य

elicit इलिसिट *vt* 1 (गुप्त बात) पता कर लेना, पता लगाना, 2 to ~ a reply **from** s.o. किसी से उत्तर प्राप्त करना, पूछ लेना 3 (बात) कहलाना, मनवाना, 4 to ~ the facts तथ्यों का पता लगाना, 5 (ज्ञात तथ्यों से) कोई सिद्धान्त या निष्कर्ष निकालना

elide इलाइड *vt* (वर्ण का) लोप करना

eligibility ऍलिजिबिलिटि *n* 1 वांछनीयता, 2 पात्रता, योग्यता, अधिकार, हक

eligible ऍलिजिबल *a* 1 (वि० विवाह के लिए) वरणीय, वरेण्य, उपयुक्त, वांछनीय [an ~ bachelor], 2 (पद के लिए) चुने जाने योग्य, पात्र, योग्य, अधिकारी, हकदार [~ **for** a job]

eliminate इलिमिनेट *vt* 1 निकालना, हटाना, छांट देना, 2 (घटना की संभावना) दूर करना, न रहने देना, समाप्त करना [to ~ a possibility], 3 *alg* समीकरण से समान अंश निकाल देना, निरसन करना, लुप्त या लोप करना, उड़ा देना, 4 (शरीर से विषैले तत्व) निकाल देना, ख़ारिज करना [to ~ waste products **from** the body]; **elimination** *n* 1 छँटाई, 2 निरास, निरसन, लोप, 3 अन्त, समाप्ति

elision इलिश्ज़न *n* (f. elide) (वर्ण-)लोप

élite F ऍलीट *n* समाज के चुने हुए या ख़ास-ख़ास लोग, गण्य-मान्य व्यक्ति, संभ्रांत व्यक्ति, विशिष्ट वर्ग

elixir इलिक्सर *n* 1 धातुओं को सोने में बदलने वाला रसायन, पारस मणि, 2 ~ of life आयुवर्द्धक रसायन, अमृत, सोम रस, 3 रामबाण या अचूक औषध, सर्वरोगहर [f. *Arabic* al-iksir]

Elizabethan *a* & *n* महाराणी एलज़बथ (प्रथम या द्वितीय) के काल का (व्यक्ति, लेखक)

elk ऍल्क *n* (उत्तर यूरोप तथा उत्तरी अमरीका में पाया जाने वाला) बृहदाकार हिरन

ell ऍल *n* लंबाई की प्राचीन अंग्रेज़ी नाप=45 इंच; **Give him an inch and he'll take an ell** वह उंगली पकड़ते-पकड़ते पहुँचा पकड़ता है

ellipse इलिप्स *n* अण्डाकार वृत्त, दीर्घवृत्त

ellipsis इलिप्सिस *n* (*pl* -pses) 1 वाक्य के ऐसे शब्दों का लोप जो उसके समझने या उसकी पूर्ति के लिए आवश्यक हों, पदलोप; *e.g.* bracketed words in : (This is) easier (when it is) said than (when it is) done; (It was) no sooner said than (it was) done, 2 पद-लोप चिन्ह (…)

elliptical *a* 1 *gram* लुप्त शब्दों वाला [वाक्य], पदलोपी; *e.g.* Easier said than done: No sooner said than done (see ellipsis), 2 दीर्घ-वृत्ताकार, अण्डाकार (see ellipse)

elm ऍलम *n* एक प्रकार का पेड़

elocution ऍल-क्यूशन *n* 1 वक्तृता देने की शैली या कला, वक्तृत्व, वक्तृता, 2 वाग्मिता, वाक्पटुता; **~ary** *a* वक्तृत्व-संबंधी; **~ist** *n* अच्छा वक्ता, अच्छा भाषण देने वाला, वाग्मी, वाक्पटु, वागीश

elongate ईलॉङ्गेट *vt* & *i* लम्बा या दीर्घ करना या होना, लम्बा खींचना या खिंचना, बढ़ाना, बढ़ना, फैलाना, फैलना; **elongation** *n* 1 वृद्धि, बढ़ाव, दीर्घीकरण; दीर्घरूप, 2 रेखा का बढ़ाया हुआ भाग, बढ़ाव, 3 खिंचाव

elope इलोप *vi* (of woman) (प्रेमी के साथ) भाग जाना, निकल जाना; (of married woman) उढ़रना; **~ment** *n* सहपलायन

eloquence ऍल-क्वन्स *n* 1 प्रभावशाली लेख लिखने या भाषण देने की कला, वाग्मिता, 2 धाराप्रवाह एवं प्रभावशाली वक्तृता, (प्रायः अत्युक्तिपूर्ण) प्रभावशाली या ज़ोरदार भाषा

eloquent ऍल-क्वन्ट *a* 1 (of speech, speaker)

प्रभावशाली, प्रभावोत्पादक, धाराप्रवाह, ज़ोरदार, धुआँधार, 2 वाग्मी, वाक्पटु, 3 *fig* सूचक, व्यंजक, साफ़ बताने वाला [a donation eloquent of the king's generosity]; ~ look भावों को व्यक्त करने वाली दृष्टि, बोलती नज़र; ~ly *adv* प्रभावशाली या ज़ोरदार ढंग से

else ऍल्स *adv* (following indef or interrog *pron*) अन्य, दूसरा, और, अलावा, अतिरिक्त, someone (*or* somebody) else कोई और, anyone ~? और कोई? Who ~? और कौन ? Nobody ~ और कोई नहीं; What ~ did he say ~ ? = What did he say ~? उसने और क्या कहा? Nothing else और कुछ नहीं; (*with adv*) Where ~ did you go? Nowhere ~, 2 नहीं तो, अन्यथा, Run, else you will be late दौड़ो, नहीं तो तुम्हें देर हो जायेगी, 3 **or ~** (*colloq*, expr threat) नहीं तो, वरना [Hand over the purse **or** ~] (also see 'or' 3)

elsewhere *adv* कहीं और, और कहीं

elucidate इल्यूसिडेट *vt* स्पष्ट करना , खोल कर बताना, व्याख्या करना, (मतलब) समझाना, प्रकाश डालना; **elucidation** *n* स्पष्टीकरण, विशदीकरण, व्याख्या

elude इलूड, इल्यूड *vt* 1 (वार, प्रहार, संकट, कठिनाई, कानून, ज़िम्मेवारी आदि से) बचना, बच निकलना, 2 हाथ या पकड़ में न आना [to ~ s.o.'s grasp], 3 (व्यक्ति, प्रश्न आदि को) टाल जाना, आँख बचा जाना, कतराना, 4 (कर्तव्य आदि) पूरा न करना, न निभाना, कतराना, 5 समझ में न आना [to ~ s.o.'s understanding]; **elusion** *n* बचाव, टाल-मटोल; पलायन

elusive इल्यूसिव *a* 1 हाथ या पकड़ में न आने वाला, दुर्ग्राह्य; जिसे पाना कठिन हो, दुर्लभ [the ~ ball, the ~ smuggler; the ~ happiness], 2 समझ में न आने वाला [~ theory], 3 टालने वाला [~ reply]; ~**ness** दुर्ग्राह्यता

elusory इल्यूसरि *a* असार, निस्सार, जिसे पाकर तृप्ति न हो [~ pleasures, possessions]

Élysée एलिज़े *n* फ्रांस के राष्ट्रपति का सरकारी निवास

Élysium इलिज़िअम *n* (Gk *myth*) 1 पुण्यात्माओं का मरणोपरान्त निवास-स्थान, आनन्दधाम; स्वर्ग, 2 परम सुख, आनन्द

emaciate इमेशियेट *vt* 1 दुबला-पतला करना, कृश(-काय) करना, क्षीण(-काय) करना, कमज़ोर करना, घुलाना, 2 (धरती की) उवर्रा-शक्ति या उर्वरता कम करना; **emaciation** *n* 1 कृशता, क्षीणता, दुर्बलता, कमज़ोरी, 2 उर्वरता का ह्रास

emanate ऍमनेट *vi* **(from)** 1 (of gases, light, etc) निकलना, बाहर आना, उत्पन्न होना, प्रकट होना, 2 (of ideas, suggestions, etc) आना, प्राप्त होना, मिलना, उद्भूत होना, प्रादुर्भूत होना

emanation ऍमनेशन *n* 1 उद्भव, प्रादुर्भाव, उत्पत्ति, 2 उद्भूत होने वाली चीज़ (गुण, शक्ति, आत्मबल आदि)

emancipate इमैन्सिपेट *vt* 1 (कानूनी, सामाजिक, राजनीतिक, नैतिक अथवा रीति-रिवाज़ के) बंधन से मुक्त करना, छुटकारा दिलाना, स्वतंत्र करना, रिहा करना, 2 दासत्व से मुक्त करना [to ~ s.o. **from** slavery]

emancipation इमैन्सिपेशन *n* 1 मुक्ति, बन्धन-मुक्ति, छुटकारा, रिहाई, स्वतन्त्रता, आज़ादी [the ~ of women], 2 दासत्व से मुक्ति [~ **from** slavery]

emancipator इमैन्सिपेटर *n* मुक्तिदाता, छुटकारा दिलाने वाला, स्वतन्त्र कराने वाला, उद्धारक

emasculate^{1} इमैस्क्युलिट *a* 1 नपुंसक, 2 स्त्रैण, ज़नाना।

emasculate^{2} इमैस्क्युलेट *vt* 1 वधिया या खसिया करना, नपुंसक बनाना, 2 दुर्बल करना, पौरुषहीन करना, 3 काट-छाँट करके (साहित्यक रचना या भाषा को) हल्का या घटिया बना देना, 4 (संशोधन द्वारा कानून का) बल कम करना; **emasculation** *n* नपुंसीकरण, पुस्त्वहरण ; **दुर्बलीकरण**

embalm इम्बाम *vt* 1 मसाला आदि लगा कर शव को सुरक्षित करना, 2 विस्मृति से बचाना, याद बनाये रखना, 3 (हवा को) सुगंधित करना; ~**ment** *n* शवसंरक्षण

embank इम्बैङ्क *vt* 1 (नदी आदि पर) बांध बनाना, तटबंध बनाना, पुश्ता बांधना, 2 मेड़ बांधना; **embankment** इम्बैङ्कमन्ट *n* 1 बांध, तटबंध, पुश्ता, 2 मेंड़, 3 (ऊंचाई पर सड़क बनाने या रेल-लाइन बिछाने के लिए) लंबा टीला, सेतु [The train fell down from the steep ~]

embargo^{1} इम्बार्गो *n* 1 विदेशी जहाज़ों के बन्दरगाह में आने की मनाही, अपने जहाजों के बन्दरगाह से बाहर जाने की मनाही, (जहाज़ों पर लगी) रोक, प्रतिबन्ध, निषेध, घाटबंदी, 2 **to lay** *or* **put an ~ on a** ship, goods; **to lay a ship**, goods, **under an ~** जहाज़ के आने (या जाने) पर प्रतिबंध लगाना, माल के आयात (या निर्यात) पर प्रतिबंध लगाना, [the ships, goods, are under an ~], 3 (किसी बात वि॰ व्यापार की) मनाही [to put an ~ **on** forward trading]

embargo^{2} *vt* (जहाज़ों के आने या जाने, व्यापार आदि की) मनाही करना, निषेध करना

embark इम्बार्क *vt* & *i* 1 जहाज़ पर चढ़ाना या चढ़ना, जहाज़ पर सवार करना या होना [to ~ on board a vessel], 2 काम में लगना [to ~ **upon** an enterprise, war, etc], 3 (रुपया आदि) व्यापार में लगाना [I would not ~ my capital **in** this business]

embarkation ऍम्बार्केशन *n* जहाज़ या नाव पर सवार होना (या चढ़ना) या सवार करना (या

चढ़ाना), पोतारोहण

embarrass इम्बॅरस *vt* 1 (व्यक्ति को) कुछ शरमिंदा और कुछ किंकर्तव्यविमूढ़ करना, उलझन में डाल देना [I was ~ed by his proposal]; घबरा देना, परेशान करना [~ed by lack of money], 2 (गति में) बाधा या रुकावट डालना, अड़चन डालना, 3 (प्रश्न, समस्या को) उलझाना, जटिल बनाना, 4 in *pp* ऋणग्रस्त, ~d **estate** ऋणग्रस्त संपदा; ~**ment** *n* 1 बाधा, रुकावट, अड़चन, उलझन, झंझट, 2 परेशानी, घबराहट; लज्जा और किंकर्तव्यविमूढ़ता

embassy ऍम्बसि *n* राजदूत का काम या पद, दौत्य, राजदौत्य, राजदूत का कार्यालय या निवास, दूतावास, राजदूतावास

embattle^1 इम्बॅटल *vt* (सेना की) व्यूहरचना करना, युद्ध के लिए तैयार करना, मोर्चाबन्दी करना

embattle^2 *vt* (इमारत, दीवार पर) दाँतेदार मुंडेरा बनाना, परकोटा बनाना, प्राचीर या फ़सील बनाना; ~**ment** कोटबन्दी

embattled *a* 1 (of army) युद्ध के लिए तैयार स्थित, 2 (of building) प्राचीर युक्त (see battlement)

embed, imbed इम्बॅड *vt* (खूंटा, कील आदि) गाड़ना, जमा देना, जड़ना

embellish इम्बॅलिश *vt* 1 सजाना, अलंकृत करना, सँवारना, शोभा या सौन्दर्य बढ़ाना, श्रीवृद्धि करना, 2 कल्पित बातें जोड़ कर (वृत्तान्त को) रोचक बनाना, रंग चढ़ाना; ~**ment** *n* 1 सजावट, श्रीवृद्धि, 2 अलंकार, आभूषण

ember^1 ऍम्बर *n* (usu in *pl*) (बुझती हुई आग में बचा) दहकता हुआ कोयला, चिनगारी, अंगारा; *fig* (कार्यवाही आदि का) लेशमात्र

ember^2 *a*. ~ days (ईसाइयों के) उपासना एवं उपवास के तीन दिन

embezzle इम्बॅजल *vt* (दूसरे का रुपया) उड़ा लेना, खा जाना, ग़बन करना; ~**ment** *n* ग़बन

embitter इम्बिटर *vt* 1 बिगाड़ डालना, कटुता उत्पन्न करना, वैमनस्य पैदा करना, 2 (व्यक्ति को) नाराज़ करना; परेशान या दुःखी करना [~ed by financial reverses]; ~**ment** *n* 1 बिगाड़, कटुता, वैमनस्य, 2 नाराजगी, रंजिश; परेशानी

emblazon इम्ब्लेज़न *vt* 1 शोख़ रंगों से चित्र बनाना, शोख़ रंग भरना, 2 (ढाल पर) नरेश का कुलचिन्ह अंकित करना, 3 प्रशंसा करना, गुणगान करना, यश गाना

emblazonry इम्ब्लेज़न्रि = blazonry

emblem ऍम्ब्लम *n* 1 चिन्ह, प्रतीक, 2 प्रतीकात्मक चित्र ~ book व्याख्या सहित प्रतीकात्मक चित्रों की पुस्तिका, 3 (नरेश का) कुलचिन्ह, 4 (टीम का) झंडा, पताका, ध्वजा, 5 (of person) (गुण आदि का) प्रतीक, आदर्श [Sita is an ~ of chastity]

emblematic(al) ऍम्ब्लिमॅटिक(ल) *aa* प्रतीकात्मक, प्रतीक-स्वरूप [~ **of** sth]

emblematize इम्ब्लॅमटाइज़ *vt* 1 चिन्ह(-स्वरूप) होना, प्रतीक(-स्वरूप) होना, 2 चिन्ह बनाना

emblement ऍम्ब्लिमन्ट *n* (*law* usu in *pl*) 1 धरती की उपज, 2 खेती से होने वाला लाभ

embodiment *n* मूर्तरूप, मूर्ति, प्रतिमा, जीताजागता नमूना, अवतार [He is the ~ of peace]

embody इम्बॉडि *vt* 1 (आत्मा को) शरीरधारी बनाना, सशरीर बनाना; (in *pass*) शरीर धारण करना, 2 (भाव या कल्पना को) मूर्त्त रूप देना, साकार करना, 3 (सिद्धान्त को) कार्यरूप या व्यवहार रूप देना, कार्यान्वित करना, 4 (of thg) किसी भाव का मूर्त्त रूप होना, 5 (नई धारा को कानून में, नई बात) जोड़ना, शामिल करना, मिलाना, समाविष्ट करना, अन्तर्गत करना

embolden इम्बोल्डन *vt* साहस या हिम्मत बढ़ाना, प्रोत्साहित करना [to ~ s.o. **to do** sth]

embonpoint F ऑबोंप्वँ *n* मोटापा (chiefly of women)

embosom इम्बुज़म *vt* (*liter*) आलिंगन करना (in *pp*) ~ed in hills, trees etc पेड़ों, पहाड़ियों, से घिरा हुआ, से परिवेष्टित

emboss इम्बॉस *vt* 1 उभरे हुए अक्षरों में लिखना, उभरे हुए चित्र या बेल-बूटे बनाना, 2 ठप्पा लगाना; ~**ed** उत्कीर्ण (अक्षरयुक्त), उभरा हुआ; ~**ment** *n* उत्कीर्ण अक्षर या चित्र; उभार

embowel इम्बाउअल *vt* = disembowel

embower इम्बाउअर *vt* (निकुंज की भांति) ढक लेना, छाया करना

embrace इम्ब्रेस *vt* & *n* 1 आलिंगन करना, गले लगाना, छाती से लगाना, गले मिलना, 2 (मत, धर्म) ग्रहण या स्वीकार करना, अपनाना, 3 to ~ the cause of किसी का पक्ष लेना, 4 (पेशा) अख़्तियार करना, (वृत्ति) धारण करना, 5 to ~ an opportunity अवसर से लाभ उठाना, 6 (of thg, subject, etc) शामिल करना, अन्तर्गत करना [The report ~s various aspects of our work]; *n* आलिंगन

embrasure इम्ब्रेश्ज़र *n* 1 खिड़की या दरवाज़े की चौखट के आस-पास दीवार का तिरछा या ढालू भाग, 2 (किले की दीवार में तोप-बन्दूक आदि के लिए बना) छिद्र या मोखा या झरोखा (जो अन्दर की तरफ़ बड़ा होता जाता है)

embrocate ऍम्ब्रकेट *vt* (दर्द दूर करने के लिए) औषध का लेप करना, मालिश करना; **embrocation** ऍम्ब्रकेशन *n* मालिश की दवा, मर्दन-लेप

embroider इम्ब्रॉइडर *vt* 1 कशीदा काढ़ना, बेलबूटे काढ़ना, 2 कल्पित बातें जोड़कर (वृत्तान्त को) रोचक बनाना

embroidery इम्ब्रॉइडरि *n* 1 कशीदाकारी, कशीदा, कढ़ाई, 2 ऊपरी सजावट, टीप-टाप, टीमटाम

embroil इम्ब्रॉइल *vt* 1 (मामले, क़िस्से आदि

को) उलझाना, जटिल या पेचीदा बनाना, गड़बड़ करना [to ~ an affair, a narrative], 2 to ~ a nation **in** a war राष्ट्र को लड़ाई में घसीटना, 3 झंझट या झमेले में डालना या फंसाना, 4 to ~ s.o. **with** s.o. किसी को किसी के साथ लड़ाना; **~ment** *n* 1 उलझाव, 2(दो व्यक्तियों में) लड़ाई-झगड़ा

embryo ऍम्ब्रिओ *n* (*pl* -os) 1 अंडे से निकलने या जन्म लेने से पहले की अवस्था में बच्चा, भ्रूण, गर्भ, 2 प्रारंभिक या अविकसित या अपक्वावस्था में कोई चीज़, **in** ~ प्रारंभिक अवस्था में, अविकसित, अपक्व, कच्चा; **~nic** एम्ब्रिओ´निक *a* 1 भ्रूण-भ्रूणीय, 2 प्रारंभिक, अर्द्धविकसित, अविकसित, अपक्व [an ~ plan]

emend इमे´न्ड *vt* (लेख, ग्रन्थ आदि की) अशुद्धियां दूर करना, संशोधन करना, सुधार करना; **~ation** ईमे´न्डेशन *n* (पाठ-) संशोधन

emerald ऍमरल्ड *n* शोख़ हरे रंग का कीमती पत्थर, मरकत, मरकतमणि, पन्ना, ~ (green) मरकत-जैसा हरा रंग

emerge इमर्ज *vi* 1(जल या द्रव से) निकलना, बाहर आना, ऊपर आना, उभरना, 2 (कमरे, छिद्र, जंगल आदि से) बाहर आना; (कहीं से निकलते हुए) दृष्टिगोचर होना, दिखाई देना [The sun ~ed from behind the clouds], 3 (कष्ट आदि से) उबरना, निस्तार पाना, छुटकारा पाना, मुक्त होना, 4(जांच के फलस्वरूप तथ्यों का) पता लगना, पता चलना, प्रकाश में आना, प्रकट होना, 5 (तथ्यों से) निष्कर्ष निकलना [From these facts, it ~s that...], 6 उभरना, उत्पन्न होना, आविर्भाव होना [A new leadership has ~d]

emergence इमर्जन्स *n* 1 उभरना [~ of a rock], 2 आविर्भाव, प्रादुर्भाव, जन्म उत्पत्ति [~ of a new nation]

emergency इमर्जन्सि *n* 1 आकस्मिक संकट (जिसमे निपटने के लिये तुरन्त कार्यवाही की ज़रूरत हो), आपात, आपत्, कठिनाई, कठिन परिस्थिति, मुसीबत, औचक, 2 **in case of** ~ अचानक ज़रूरत पड़ने पर, अगर कोई ऐसी-वैसी बात हो जाये, *attrib*: ~ door संकट काल में प्रयोग करने के लिए द्वार, संकट-द्वार, ~ **meeting**, **session**, etc आकस्मिक या आपाती बैठक या अधिवेशन, बिना पर्याप्त सूचना के (होने वाली) बैठक आदि; [N.B. Do not say 'emergent meeting' in this sense]

emergent इमर्जन्ट *a* 1 [see emergence] बाहर निकलता हुआ, निर्गामी [~ray], 2 परिणामी [~ agreement, formula], 3 ~ **nation** हाल में स्वतन्त्र हुआ राष्ट्र, नवोदित राष्ट्र

emeritus इ-मे´रिटस *a* (सेवामुक्त होने पर) जिसे कोई सम्मानार्थ पद दिया जाये; प्रतिष्ठित [~ professor or professor ~]

emersion इमर्शन *n* 1 निर्गमन, बाहर निकलना, सामने आना, 2 (ग्रहण के बाद सूर्य, चन्द्र आदि का) फिर दिखाई देना

emetic इमे´टिक *a* & *n* वमनकारी (औषध)

emigrant ऍमिग्रन्ट *a* [f. foll] उत्प्रवासी, प्रवासी

emigrate ऍमिग्रेट *vi* स्वदेश छोड़ कर विदेश में जा बसना, विदेश में बसने के लिए स्वदेश छोड़ना, (स्थायी) प्रवास करना, उत्प्रवास करना; **emigration** *n* उत्प्रवास, विदेशगमन

émigré F ऍमिग्रे *n* प्रवासी, उत्प्रवासी, विदेश में शरण लेने वाला, शरणार्थी, ~ government प्रवासी सरकार

eminence ऍमिनन्स *n* 1 टीला, ऊंचा स्थान, ऊंचाई, 2 ऊंचा दर्जा, गौरव, गरिमा, महिमा, उत्कर्ष, उत्कृष्टता, श्रेष्ठता, वरिष्ठता, विशेष योग्यता, विशिष्टता

eminent ऍमिनन्ट *a* 1 श्रेष्ठ, वरिष्ठ, उत्कृष्ट, अग्रगण्य, जाना-माना, गौरवशाली, महिमाशाली, ऊंचे दर्जे का, 2 (of qualities) उत्कृष्ट, विशिष्ट; **~ly** *adv* अत्यन्त, बहुत अधिक, विशेषत:

emissary ऍमिस्रि *n* (प्राय: अप्रिय या गुप्त) सन्देश पहुंचाने के लिये भेजा गया व्यक्ति, सन्देशवाहक, दूत

emission इमिशन *n* (f. foll) 1 निकालना, निर्गमन, निकास, विसर्जन, 2 निकलने वाला पदार्थ (प्रकाश, गंध, आदि), 3 स्वप्नदोष

emit इ-मिट *vt* 1 (ध्वनि) निकालना, (शब्द या आवाज़) करना [to ~ a sound], 2 (रोशनी, गर्मी, गंध) निकालना, छोड़ना, फैलाना, विकीर्ण करना; it ~s light, heat, sound उससे रोशनी, गर्मी, ध्वनि, निकलती है

emolient इमो´लिअन्ट *a* & *n* 1 (त्वचा आदि को) मुलायम करने वाला (पदार्थ), 2 पीड़ा कम करने वाला (पदार्थ), प्रशामक

emolument इमो´ल्युमन्ट *n* (usu in *pl*) वेतन, तनख़ाह, आय, प्राप्ति

emotion इमोशन *n* 1 राग-द्वेष, हर्ष-विषाद आदि का उमड़ पड़ना, आवेग, मनोवेग, संवेग, चित्तक्षोभ, 2 (राग-द्वेष आदि) भाव, मनोभाव, भावना; He appeals to the ~s वह भावनाओं को प्रभावित करता है, उभारता है

emotional इमोश्नल *a* 1 भावनाओं का, हृदय का, भावनात्मक, भावात्मक [~ integration], 2 भावुक, भावप्रवण, भावना से अभिभूत (होने वाला), जल्दी आवेश या जोश में आने वाला, जल्दी पसीजने वाला [an ~ person]; भावनाओं को जगाने वाला, भावोत्तेजक, मर्मस्पर्शी, हृदयस्पर्शी [an ~ appeal]

emotive इमोटिव *a* भावप्रधान, भावोत्तेजक; भावात्मक

empanel, im- इम्पैनल *vt* [-ll-], सूची में नाम लिखना

emperor ऍम्परर *n* [fem. **empress**] सम्राट्,

शाहंशाह; सम्राज्ञी, महारानी

emphasis ऍम्फ़सिस *n* 1 शब्द का विशेष महत्त्व सूचित करने के लिए उसे ज़ोर से उच्चारण करना, (शब्द पर दिया जाने वाला) ज़ोर, बल, बलाघात, 2 (भावना या अभिव्यक्ति की) प्रबलता, बल [with all the ~ at my command], 3 (कार्य या वस्तु का) महत्त्व, to lay ~ **on** sth को महत्त्व देना, पर बल देना

emphasize ऍम्फ़साइज़ *vt* 1 (शब्द को) ज़ोर से उच्चारण करना, (उच्चारण में शब्द पर) बल देना, 2 (तथ्य आदि का) विशेष महत्त्व जताना, ज़ोर या बल देना [to ~ the importance of physical exercise]

emphatic इम्फ़ैटिक *a* 1 (of word, language, tone, gesture) ज़ोरदार, भावों को अच्छी तरह व्यक्त करने वाला, व्यंजक, 2 (of person) ज़ोरदार ढंग से (विचार) व्यक्त करने वाला, धड़ल्लेदार, 3 (of action) ज़बरदस्त, प्रभावोत्पादक, प्रभावशाली, विशेषमहत्त्व का, महत्त्वपूर्ण

empire ऍम्पाइअर *a* 1 साम्राज्य, सल्तनत, 2 प्रभुत्व, आधिपत्य

empiric ऍम्पिरिक *n* (*arch*) कठवैद्य, नीम हकीम

empiric(al) *a* 1 प्रयोग और निरीक्षण पर (न कि सिद्धान्त पर) आधारित, प्रयोग और निरीक्षण से उपलब्ध (ज्ञान), 2 अनुभव पर आधारित, अनुभवसिद्ध, अनुभवात्मक, आनुभविक, इन्द्रियानुभवात्मक; इन्द्रियानुभविक; **empirically** *adv* अनुभव या प्रयोग द्वारा

empiricism ऍम्पिरिसज़म *n* 1 प्रयोग और निरीक्षण करना, प्रयोगकारिता, 2 प्रयोग एवं निरीक्षण से ज्ञान प्राप्ति की विधि, 3 अनुभववाद, इन्द्रियानुभववाद; **empiricist** *n* प्रयोगवादी, अनुभववादी

emplacement इम्प्लेस्मन्ट *n* 1 स्थिति, 2 रखना, स्थापन, 3 तोप रखने का चबूतरा या मंच

emplane इम्प्लेन *vi* & *t* विमान पर सवार होना या (सैनिकों को) सवार करना, विमान पर (सामान) लादना

employ इम्प्लॉइ *vt* & *n* 1 (व्यक्ति को) काम में लगाना, नौकर रखना, नियुक्त करना, to be ~ed in doing sth किसी काम में लगा या व्यस्त होना, to keep s.o. ~ed किसी को काम में व्यस्त या लगाये रखना, 2 प्रयोग करना, उपयोग करना, काम में लाना, बरतना, इस्तेमाल करना [to employ sth, one's time, energy, etc. in...]; *n* नौकरी, सेवा, **to be in s.o.'s ~, to be in the ~ of s.o.**; किसी का नौकर होना; **employed** *a* 1 काम में या नौकरी पर लगा हुआ, नियुक्त (व्यक्ति), 2 नियोजित (धन आदि); **employee** इम्प्लॉई *n* नौकर, मुलाज़िम, कर्मचारी; **employer** इम्प्लॉइअर *n* काम में लगाने वाला, नौकरी देने वाला, मालिक, नियोजक

employment इम्प्लॉइमन्ट *n* 1 नौकरी, काम, धंधा, रोज़गार, ~ agency लोगों को रोज़गार तथा मालिकों को कर्मचारी दिलाने का निजी केन्द्र, रोज़गार एजंसी या अभिकरण; ~ **exchange** रोज़गार (दिलाने का सरकारी) कार्यालय

emporium ऍम्पॉरियम *n* 1 मंडी, विक्रय केन्द्र, वाणिज्य केन्द्र, व्यापार केन्द्र, 2 दुकान, हाट, भंडार

empower इम्पाउअर *vt* 1 अधिकार देना, अख़्तियार देना [to empower s.o. to do sth], 2 समर्थ बनाना

empress ऍम्प्रिस *n*, see emperor

emptiness ऍम्प्टिनिस *n* 1 रिक्तता, शून्यता, 2 असारता, निःसारता, खोखलापन

empty^1 ऍम्प्टि *a* 1 खाली, रिक्त, शून्य; **To be taken on an empty stomach** (यह औषध) खाली पेट (अर्थात् नाश्ते से पहले) लेनी चाहिए, 2 to feel ~ (*colloq*) भूखा होना, 3 से रहित, से शून्य [words ~ **of** meaning], 4 (of plan etc) बेमानी, निरर्थक, निस्सार, फ़िज़ूल, 5 empty threat गीदड़ भभकी, 6 *comb*: **~-handed** ख़ाली हाथ; **~-headed** मूर्ख

empty^2 *vt* & *i* 1 ख़ाली करना, उंडेलना, 2 *vi* ख़ाली होना, (of river) गिरना [The river empties into the lake]

empyrean ऍम्पिरिअन *n* & *a* स्वर्ग (का), स्वर्गीय

emulate ऍम्युलेट *vt* 1 किसी के बराबर होने या किसी से बढ़ने का प्रयत्न करना, 2 स्पर्धा करना, होड़ करना, मुकाबला करना, 3 यत्न या लगन से अनुकरण करना; **emulation** *n* 1 स्पर्धा, होड़, 2 यत्नपूर्वक अनुकरण; **emulator** *n* 1 प्रतिस्पर्धी, होड़ करने वाला, 2 अनुकरण करने वाला

emulous ऍम्युलस *a* 1 उत्सुकता अथवा ईर्ष्या से (किसी का) अनुकरण करने वाला [~ **of** s.o.], 2 इच्छुक, उत्सुक [~ **of** fame], 3 स्पर्धाशील

emulsify इमल्सिफ़ाइ *vt* इमल्शन बनाना

emulsion इमल्शन *n* तेलयुक्त या रालयुक्त गाढ़ा दूधिया द्रव, पायस, इमल्शन

enable इनेबल *vt* (किसी को कोई काम करने के) योग्य बनाना [to ~ s.o. to do sth], समर्थ बनाना, अधिकार देना, साधन-सम्पन्न करना; **enabling act** (व्यक्ति या संस्था को) अधिकार या अनुमति देने वाला कानून, अनुज्ञात्मक कानून

enact इनैक्ट *vt* 1 कानून या अधिनियम बनाना [to ~ a law], 2 आज्ञा या आदेश देना, 3 अभिनय करना, खेल करना, 4 अनुष्ठान करना, रस्म अदा करना; **~ment** *n* 1 कानून का बनना या बनाना अधिनियमन, 2 कानून, विधान, अधिनियम; आदेश

enamel^1 इनैमल *n* 1 मीना, तामचीनी, इनेमल, 2 *fig* ऊपरी चमक-दमक

enamel^2 *vt* (-ll-) तामचीनी चढ़ाना, मीनाकारी करना; **~ling** *n* मीनाकारी, तामचीनी (का काम)

enamour इनैमर *vt* 1 अनुरक्त या आसक्त करना,

to be ∼ed of s.o. किसी पर आसक्त होना, किसी में अनुरक्त होना, to be ∼ed of sth किसी चीज़ या बात का बड़ा चाव या शौक होना

en bloc F आँ ब्लॉक 1 सत्र के सब, सब मिल कर, इकट्ठे हो कर, 2 थोक में, बड़ी मात्रा में

encage इन्केज *vt* पिंजरे में बंद करना, कैद करना

encamp इन्कैम्प *vt* & *i* 1 (of troops) डेरा डालना, शिविर डालना, पड़ाव डालना, (सैनिकों को) ठहराना, 2 तम्बू लगा कर रहना, तंबुओं में ठहराना

encampment *n* 1 (see prec), 2 पड़ाव, छावनी, शिविर, डेरा

encase इन्केस *vt* ख़ोल या गिलाफ़ चढ़ाना; **∼ment** *n* ख़ोल, गिलाफ़

encash इन्कैश *vt* (हुंडी या चैक) भुनाना, तुड़ाना; नकद देना, नकद प्राप्त करना; **∼ment** *n* भुनाना, तुड़ाना

enceinte F आँसैंट *a* 1 *arch* गर्भवती, गर्भिणी, 2 *n* (*archit*) चारदीवारी, परकोटा

encephalic ऍन्सिफ़ैलिक *a* मस्तिष्क का; **encephalitis** *n* मस्तिष्क शोथ

enchain इन्चेन *vt* 1 ज़ंजीर से बांधना या जकड़ना, जकड़े रखना, 2 (ध्यान को) इधर-उधर न होने देना [to ∼ attention]

enchant इन्चान्ट *vt* 1 (किसी पर) जादू कर देना, मन्त्रमुग्ध कर देना, मोह लेना, मोहित करना, 2 आह्लादित करना, आनन्दविभोर करना, बहुत प्रसन्न करना; **∼ment** *n* सम्मोहन; जादू; आनन्द

encircle इन्सर्कल *vt* 1 घेरना, घेर लेना, घेरा डालना [to ∼ an army], 2 (किसी के इर्द-गिर्द) वृत्त या चक्र या दायरा बनाना; **∼ment** घेराबन्दी, परिवेष्टन

en clair F आँ क्लेअर (of telegrams, message, etc) स्पष्ट शब्दों में (न कि संकेतभाषा में)

enclave F आंक्लेव, ऍन्क्लेव *n* एक राज्य के अधीन इलाका जो अन्य राज्य से घिरा हुआ हो; अपने इलाके से घिरा हुआ विदेशी क्षेत्र, विदेशी अन्तःक्षेत्र

enclose इन्क्लोज़ *vt* 1 (खुली जगह को) घेरना, (खेत को) बाड़ लगाना, चारों ओर से घेर लेना, घेरा डालना, 2 (चारदीवारी में, लिफ़ाफ़े में) बंद करना, 3 (लिफ़ाफ़े में पत्र के अतिरिक्त कोई चीज़) रखना, साथ रखना, नत्थी करना, संलग्न या अनुलग्न करना

enclosure इन्क्लोश़र *n* 1 घेरा, बाड़, जंगला, चारदीवारी, 2 घिरी हुई जगह, अहाता, बाड़ा, कठघरा, 3 (लिफ़ाफ़े में रखी) साथ की चीज़, संलग्नक, अनुलग्नक, संलग्न पत्र

encomiast *n* प्रशस्तिकार; चाटूकार

encomium एन्कोमियम *n* स्तुति, स्तुतिवचन, स्तोत्र, प्रशस्ति, गुणकीर्तन

encompass इन्कम्पस *vt* 1 घेरना, घेरा डालना, 2 शामिल करना, समाविष्ट करना, (अपने अन्दर) धारण करना

encore F आँकोर *int* (=once more) (दर्शकों का आग्रह कि गाना आदि) फिर, एक बार फिर, दुबारा (गाया जाये); *vt* फिर बुलाना [the audience ∼d the singer]

encounter इन्काउन्टर *n* & *vt* 1 सामना, टक्कर, मुठभेड़, 2 आकस्मिक भेंट; *vt* 1 सामना होना, पेश आना [to ∼ a difficulty, an obstacle], 2 टक्कर होना, मुठभेड़ होना [to ∼ an enemy], 3 आकस्मिक या अकस्मात् भेंट होना [to ∼ a friend]

encourage इन्करिज *vt* 1 साहस या हिम्मत बढ़ाना. प्रोत्साहित करना [to ∼ s.o. to do sth]; 2 उत्तेजित करना, प्रेरित करना, शह देना, उभारना, भड़काना, 3 बढ़ावा देना, सहायता करना, हिमायत करना, पोषण करना, [to ∼ trade, industry, a belief]; **∼ment** *n* 1 प्रोत्साहन, 2 उत्तेजना, प्रेरणा, शह, 3 बढ़ावा, पोषण, समर्थन

encroach इन्क्रोच *vi* 1 (**on, upon**), (किसी के इलाके में) अनधिकार प्रवेश करना, हथिया लेना, दबा लेना, आत्मसात् करना [to ∼ upon s.o's territory], 2 to ∼ upon s.o.'s right किसी का अधिकार छीनना, अधिकार का अतिक्रमण या व्यतिक्रम करना, 3 to ∼ on s.o.'s time अनधिकृत रूप से किसी का समय लेना या बरबाद करना

encroachment इन्क्रोच्मन्ट *n* 1 (upon) अनधिकार प्रवेश, अतिक्रमण, 2 (अधिकार का) व्यतिक्रम, 3 हथियाया हुआ प्रदेश

encrust इन्क्रस्ट *vt* & *i* 1 छिलके या पपड़ी से ढकना, ख़ोल चढ़ाना, 2 *vi* का पपड़ी जमना

encumber इन्कम्बर *vt* 1 भाराक्रान्त करना, बोझा लाद देना, (चलने में या काम में) बाधा डालना, दिक्कत या कठिनाई पैदा करना, 2 ऋणग्रस्त करना, **∼ed estate** ऋणग्रस्त संपदा

encumbrance इन्कम्ब्रन्स *n* 1 भार, बोझ [to be an ∼ **to** s.o.], 2 दायित्व, ज़िम्मेदारी, 3 परेशानी, परेशानी का कारण, 4 बाधा, रुकावट, 5 रेहन, बन्धक, 6 **person without ∼** जिसके साथ बच्चे न हों, सन्तान के दायित्व से मुक्त

encyclic(al) इन्-साइक्लिक(ल) *nn* पोप का परिपत्र

encyclop(a)edia ऍन्-साइक्ल-पीडिय: *n* किसी विषय के सब पहलुओं पर प्रकाश डालने वाला ग्रन्थ, ज्ञान-विज्ञान के सभी विषयों की जानकारी देने वाला ग्रन्थ, विश्वकोश; ज्ञानभंडार; **encyclop(a)edic** *a* विश्वकोश-जैसा, सर्वाङ्गसम्पूर्ण या अति विस्तृत (ज्ञान) [encyclopedic knowledge]

end[1] ऍन्ड *n* 1 सिरा, छोर, अन्त, सीमा, हद, **there's no ∼ to it** इसका कोई अन्त नहीं, यह ख़त्म ही नहीं होता, 2 (of patience, resources, action, etc) **to be at an end, to come to an ∼** ख़त्म होना, समाप्त होना, पूरा होना, 3 **to make an ∼** of sth, to **put an ∼**

to sth किसी चीज़ या बात को ख़त्म करना, उन्मूलन करना, बस करना, 4 बचा-खुचा टुकड़ा [cigarette ∼s, candle ∼s], 5 **end to end** सिरे मिला कर, 6 **to be at one's wits' end** चकरा जाना, कुछ न सूझना, अक्ल काम न देना, किंकर्तव्यविमूढ़ होना, 7 **to keep one's ∼ up** कठिनाइयों के बावजूद अपना काम ज़ोर-शोर से करते जाना; हिम्मत न हारना, 8 **to make (both) ∼s meet** अपनी कमाई से गुज़ारा करना या कर पाना, 9 **in the end** अन्त में, अन्ततः, 10 **no end of** बहुत, अनन्त, असंख्य, अनगिनत, बेशुमार [There is no end of complaints], 11 **on end** लगातार, निरन्तर [for three weeks on end], 12 उद्देश्य, प्रयोजन, लक्ष्य, ध्येय, साध्य, स्वार्थ, मतलब, काम, To what end? किस (मतलब के) लिए?, क्या फ़ायदा?, **to gain one's ends** अपना मतलब निकालने के लिए, अपना स्वार्थ या प्रयोजन सिद्ध करने के लिए, अपना उल्लू सीधा करने के लिए, with this end in view, इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर, ends of justice न्याय के उद्देश्य, 13 मृत्यु, मौत, to meet one's end मृत्यु होना, मरना

end^2 *vt* & *i* 1 समाप्त करना या होना, अन्त करना या होना, अवसान होना, पूरा करना या होना, 2 **to end by doing** अन्त में करना; he ended by making this request अन्त में उसने यह प्रार्थना की, 3 **to end in** परिणाम या फल होना, **to end in smoke** कुछ फल न होना, बेकार जाना, 4 **to end up** अन्ततः (यह) फल होना, अन्ततः पहुंच जाना [If you continue to smuggle, you'll end up in jail]

endanger इन्डेन्जर *vt* संकट या ख़तरे या जोखिम में डालना [to ∼ one's life]. (किसी चीज़ के लिए) खतरा पैदा करना

endear इन्‌डियर *vt* प्रिय या प्रेमपात्र बनाना, to ∼ oneself **to...** का प्यारा बनना, Rama ∼ed himself to his subjects राम प्रजा का स्नेह-भाजन बन गया; ∼**ment** *n* लाड़-प्यार

endeavour इन्डेॅवर *vt* & *i* & *n* प्रयत्न या प्रयास करना, कोशिश करना [to ∼ **to do** sth], हाथ-पैर मारना, ज़ोर लगाना; *n* यत्न, प्रयत्न, प्रयास, कोशिश, to make every endeavour **to do** sth किसी बात के लिए पूरी-पूरी कोशिश करना

endemic इन्डेॅमिक *a* & *n* प्रदेश-विशेष में या वर्ग-विशेष के लोगों में बहुधा पाया जाने वाला, स्थानिक, स्थानीय; *n* स्थानिक या स्थानीय रोग

ending ऐॅन्डिङ्ग *n* 1 अन्तिम भाग, सिरा, समाप्ति, अवसान, 2 *gram* शब्द के अन्त में जोड़ा जाने वाला प्रत्यय, अन्त-प्रत्यय *e.g.* -ing, -en, -ed, -dom, -hood, -tion, -sion

endless *a* 1 अनन्त, असीम, बेहद, 2 अनवरत, अविराम, लगातार, 3 सतत, शाश्वत

endogamous ऐॅन्डोॅगमस *a* सगोत्र विवाह का, सगोत्र विवाह करने वाला, अन्तर्विवाही

endogamy ऐॅन्डोॅगमि *n* एक ही गोत्र या कबीले के लोगो का परस्पर विवाह, सगोत्र विवाह, अन्त-विवाह [*cf.* exogamy]

endorse इन्डॉर्स *vt* 1 (दस्तावेज की) पीठ पर लिखना, टिप्पणी लिखना, (चैक की) पीठ पर हस्ताक्षर करना, पृष्ठांकन करना, बेचान करना, 2 पुष्टि करना, तसदीक करना, प्रमाणित करना, सही करना [to ∼ a statement], 3 समर्थन करना, अनुमोदन करना [to ∼ a decision, s.o.'s opinion, view, etc.]; ∼e *n* पृष्ठांकिती, व्यक्ति जिसके नाम बेचान किया जाये; **endorsement** *n* 1 पृष्ठांकन, पृष्ठलेख, हस्ताक्षर, 2 पुष्टि, तसदीक, सही, 3 समर्थन, अनुमोदन

endow इन्डाउ *vt* 1 (वसीयत द्वारा किसी व्यक्ति या संस्था, वि० धर्मार्थ संस्था, को) देना, दान या प्रदान करना, सौंप देना, वक्फ़ करना, 2 **to be ∼ed with** (सहजात गुण आदि से) संपन्न होना [Gargi was endowed **with** great talents]

endowment *n* 1 दान, धर्मादा, धर्मदाय, 2 ईश्वर-प्रदत्त गुण, ईश्वरीय देन, नैसर्गिक गुण, 3 **endowment assurance** *or* **insurance** ऐसा बीमा जिसमें बीमाकृत व्यक्ति को नियत राशि नियत तिथि पर (या पहले मृत्यु होने पर उसके प्रतिनिधि को) देय होती है; बन्दोबस्ती बीमा, सावधि बीमा

endue इन्ड्यू *vt* 1 *liter* वस्त्र पहनाना, 2 *fig* (गुण आदि से) संपन्न करना, (usu in *pass*) to be ∼d **with** powers, qualities, etc.

endurable इन्ड्युअर-बल *a* जो सहा जा सके, सह्य

endurance इन्ड्युअरन्स *n* 1 सहनशक्ति, beyond ∼ असह्य, 2 दम, सामर्थ्य, क्षमता, ∼ test (खिलाड़ी, यन्त्र की) सामर्थ्यपरीक्षा, क्षमता परीक्षा, 3 (कष्ट आदि) सहने का स्वभाव, सहनशीलता, सहिष्णुता, तितिक्षा, धैर्य्य

endure इन्ड्युअर *vt* & *i* 1 (कष्ट, पीड़ा, दुःख, अपमान) सहना, बरदाश्त करना, उठाना, भोगना, झेलना, 2 (esp with *neg*) to ∼ **to do** sth सहन करना, गवारा करना [I can't ∼ hearing, to hear, such foul language], 3 *vi* बना रहना, स्थायी होना, टिकना, टिकाऊ होना

endways, endwise *adv* सिरे को आगे या सामने या ऊपर कर के, सिरे मिला कर

enema इनीमः *n* आँतों को साफ़ करने के लिए गुदा मार्ग से तरल औषध चढ़ाना या पिचकारी करना, अनीमा, वस्ति(-कर्म), 2 इस काम के लिए प्रयुक्त पिचकारी

enemy ऐॅनिमि *n* & *a* 1 शत्रु, वैरी, दुश्मन, 2 विरोधी, प्रतिपक्षी, विपक्षी, 3 The E∼ शैतान; *a* शत्रु (पक्ष) का

energetic ऐॅनर्जेॅटिक *a* 1 बहुत काम करने वाला, कर्मठ, क्रियाशील, उद्यमी, उद्योगी, चुस्त, फुर्तीला, ओजस्वी, ऊर्जस्वी, 2 प्रबल, ज़ोरदार, जानदार ज़बर-

दस्त; ~ally *adv* ज़ोरदार ढंग से, ज़ोर से

energize ऍनर्‌जाइज़ *vt* 1 बल का संचार करना, जान डाल देना, प्राण फूंक देना, 2 (यन्त्र चलाने के लिए) बिजली देना, (बिजली आदि से) यन्त्र चलाना या चालू करना

energy ऍनर्जि *n* 1 बल, शक्ति, ओज, ओजस्विता, सामर्थ्य, ताकत, ज़ोर, 2 in *pl* (व्यक्ति की काम करने की) शक्ति [Devote your energies to this work]; also see bend^3 (β), 3 विद्युत् आदि की शक्ति, ऊर्जा; conservation of ~ (see conservation)

enervate इनर्‌विट *a* बेजान, निर्बल, कमज़ोर

enervate^2 ऍनर्‌वेट *vt* बेजान करना, निर्बल करना [the enervating heat of June]

enfant terrible F आँफ़ाँ तेँरीब्‌ल *n* टेढ़े प्रश्न करने वाला बच्चा, आफ़त मचाने वाला बच्चा; *fig* बहुत परेशान करने वाला व्यक्ति

enfeeble इन्फ़ीबल *vt* दुर्बल या कमज़ोर करना

enfeoff इन्फ़ॅफ़ *vt* (किसी को) जागीर या अग्रहार प्रदान करना; *fig* सौंपना, हवाले करना, समर्पित करना; ~**ment** *n* 1 जागीर-दान; जागीर प्रदान करने का दस्तावेज़, 2 जागीर, भूसंपदा, अग्रहार

enfilade ऍन्‌फ़िलेड *n* & *vt* 1 सेना की पूरी पंक्ति को उड़ा देने वाली गोलाबारी, एक सिरे से दूसरे सिरे तक की सब इमारतों को ढा देने वाली गोलाबारी, सर्वनाशक गोलाबारी, गोलों की बौछार; *vt* (सेना, सड़क, इमारतों आदि पर) भयङ्कर गोलाबारी करना, गोलों की बौछार करना

enfold इन्‌फ़ोल्ड *vt* 1 लपेटना, घेरना, 2 आलिङ्गन करना [to ~ s.o. **in** one's arms], 3 मोड़ना, तह लगाना

enforce इन्‌फ़ॉर्स *vt* 1 (दलील को) ज़ोरदार बनाना, प्रबल बनाना, 2 (कानून) लागू करना, प्रवर्तित करना, अमल कराना, (कानून का) पालन कराना, 3 to ~ a right अधिकार बरतना, अधिकार का प्रयोग करना, 4 विवश करना, मजबूर करना, दबाव डालना, 5 to ~ obedience आज्ञापालन करवाना, to ~ discipline अनुशासन का पालन करवाना; अनुशासन में रखना; ~**able** *a* जिसे लागू किया जा सके, प्रवर्तनीय

enforcement *n* (कानून का) पालन करवाना, लागू करना या होना, प्रवर्तन

enfranchise इन्फ़्रैन्चाइज़ *vt* (नागरिक को) मताधिकार देना

enfranchisement *n* मताधिकार देना या मिलना, मताधिकारदान, मताधिकारप्राप्ति

engage इन्‌गेज *vt* & *i* 1 वचन देना, वचनबद्ध करना या होना, वायदा या इकरार करना [to ~ s.o., oneself, **to** do sth], 2 (usu in *pass*) to be, get, ~d सगाई होना, 3 नौकर रखना; काम पर लगाना, नियुक्त करना, 4 जगह रोकना या रुकवा लेना [This seat is ~d]; The taxi is ~d गाड़ी लगी हुई है, 5 काम में लगाना, किसी को व्यस्त करना या रखना, to ~ s.o. **in** conversation किसी से बातचीत करना, किसी को बातों में लगाना, in *pass* व्यस्त होना [I am ~d **in** writing a book], 6 to ~ s.o.'s attention किसी का ध्यान केन्द्रित करना [usu in *pass*: My attention was engaged **by** the display of fireworks], 7 **to** ~ **the enemy** दुश्मन पर हमला करना, 8 *mech* फंसाना, अड़ाना [to ~ the clutch etc], 9 *vi* to ~ **in** politics राजनीति में भाग लेना

engagement *n* 1 वचन, वादा, इकरार, ठहराव, 2 मिलने का वादा, लोगो से मिलना-जुलना [social ~s], 3 सगाई, वाग्दान [~ ring], 4 काम-काज, काम-धंधा, व्यस्तता; ~ **diary** कार्य-डायरी, 5 लड़ाई, मुठभेड़, झड़प

engaging *a* आकर्षक, मनोहर [~ smile, manners], प्यारा

engender इन्‌जॅन्डर *vt* उत्पन्न करना, पैदा करना, का कारण होना

engine ऍन्जिन *n* 1 इंजन, 2 मशीन, यन्त्र

engineer^1 ऍन्जि-नियर *n* अभियन्ता, इंजीनियर

engineer^2 *vt* 1 इंजीनियर का काम करना; पुल, इमारत, यन्त्र आदि बनाना, 2 *colloq* उपाय करना, कर दिखाना, **to ~ a plot** षड्‌यन्त्र रचना, to ~ a coup सरकार का तख्ता उलटना (या तख्ता उलटने का षड्‌यन्त्र रचना); ~**ing** *n* इंजीनियरी, अभियान्त्रिकी; ~**ing goods** इंजीनियरी का सामान या माल

England इंग्लंड *n* इंग्लैंड

English इङ्ग्‌लिश *a* & *n* 1 इंग्लैंड का, अंग्रेज़ों का, अंग्रेज़ी, 2 *n* **the** ~ अंग्रेज़ (लोग), 3 अंग्रेज़ी (भाषा), the King's, Queen's, English शुद्ध अंग्रेज़ी; ~**man** इङ्ग्‌लिश्‌मन *n* अंग्रेज: fem ~-woman अंग्रेज़ स्त्री

engraft इन्‌ग्राफ़्ट *vt* 1 कलम लगाना [to ~ **into, upon, a tree**], 2 *fig* (सिद्धान्त आदि) मन में बिठाना, सिखाना, जमाना [Moral principles have been ~ed **in** him]

engrain इन्‌ग्रेन *vt* गहरा रंग चढ़ाना, पक्का रंग करना, *fig* (मन में) बिठाना

engrave इन्‌ग्रेव *vt* 1 खोद कर बेल-बूटे बनाना, नक्काशी करना, उत्कीर्ण करना, अंकित करना [to ~ a stone **with** an inscription], 2 *fig* मन में बिठाना, to be ~ed **on** the memory स्मृति-पटल पर अंकित होना, 3 मुद्रण के लिए धातु की प्लेट या पट्टी पर उत्कीर्ण करना [to ~ a design on a metal plate]

engraving इन्‌ग्रेविङ्ग *n* (see prec) 1 नक्काशी, खुदाई, उत्कीर्णन, 2 उत्कीर्ण प्लेट से छापा गया चित्र आदि

engross इन्‌ग्रोस *vt* 1 *law* मोटे और सुन्दर

अक्षरों में (दस्तावेज़) लिखना [an ~ed document], 2 to ~ s.o.'s attention किसी का ध्यान केन्द्रित करना, किसी को ध्यानमग्न कर देना, 3 to be ~ed in work, study, etc काम, अध्ययन आदि में मग्न या लीन या तल्लीन होना, खो जाना; **~ment** 1 सुलेखन; सुलिखित प्रति, 2 तल्लीनता

engulf इन्‌गल्फ़ *vt* 1 निगल जाना, समा लेना, निमग्न करना, 2 to be ~ed डूब जाना, निमग्न होना, समा जाना

enhance इन्‌हांस *vt* 1 बढ़ाना, तीव्र करना, तेज़ करना [to ~ the merit, quality, worth, prestige, powers, pleasure, effect, beauty, price, value, etc]; **~ment** *n* बढ़ना, वृद्धि, बढ़ती

enigma इनिग्म: *n* 1 पहेली, समस्या, आसानी से समझ में न आने वाली बात, जटिल प्रश्न, रहस्य, 2 व्यक्ति जिसका तौर-तरीका या रंग-ढंग समझ में न आये; **enigmatic(al)** ऍनिग्मैटिक(ल) *aa* पहेली-सा, पेचीदा, जटिल, दुर्ज्ञेय, रहस्यमय

enjoin इन्‌जॉइन *vt* 1 आदेश देना, विधान करना, विहित करना [The scriptures ~ continence on us], 2 हिदायत करना, आग्रह करना [to ~ s.o. **to do** sth; to ~ **that** sth should be done]

enjoy इन्‌जॉइ *vt* 1 सुख लेना, रस लेना, मज़ा लेना, उपभोग करना; I ~ed my dinner मुझे ख़ाने का बड़ा मज़ा या आनन्द आया; to enjoy oneself मनोविनोद करना, ख़ुश रहना, मौज करना; to ~ life जीवन का सुख लूटना या आनन्द लेना, अच्छा जीवन बिताना; to ~ good health स्वास्थ्य अच्छा होना, to ~ doing sth किसी काम में आनन्द आना, 2 to ~ **s.o.'s confidence** किसी का विश्वासपात्र होना; **~able** इन्‌जॉइअबल *a* मज़ेदार, आनन्ददायक; **enjoyment** *n* ख़ुशी, आनन्द, सुख, मज़ा, मौज, उपभोग

enkindle इन्‌किन्डल *vt* 1 (ज्वाला) प्रज्वलित करना, (आग) सुलगाना, 2 *fig* (काम-क्रोध, राग-द्वेष आदि भावनाओं को) भड़काना, उत्तेजित करना, जगाना

enlarge इन्लार्ज *vt* & *i* 1 बढ़ाना, वृद्धि करना, बड़ा करना, फैलाना, विस्तृत करना; ~d edition परिवर्धित संस्करण, 2 *vi* बढ़ना, फैलना; ~d heart हृद्रोग जिस में दिल फैल जाता है, 3 to ~ **upon** a subject किसी विषय का विस्तार करना, विस्तृत चर्चा करना, विस्तारपूर्वक लिखना या बोलना

enlargement *n* 1 वृद्धि, परिवर्द्धन, विस्तार, स्फीति, 2 ~ of the heart हृद्रोग (see prec 3), 3 बड़ा किया हुआ फोटो-चित्र, परिवर्धित चित्र

enlighten इन्लाइटन *vt* 1 जानकारी देना, ठीक ठीक बताना, समझाना [to ~ s.o. **on** a subject], 2 (esp in *pp*) अंधविश्वास या अज्ञानता दूर करना, an ~ed person अंधविश्वास से मुक्त व्यक्ति, प्रबुद्ध व्यक्ति

enlightenment *n* ज्ञान का प्रकाश, जागृति, प्रबोध, age of ~ ज्ञान-विज्ञान का युग

enlist इन्‌लिस्ट *vt* & *i* 1 (सेना में) भरती करना या होना, 2 वायदा या वचन लेना, पक्का करना, प्राप्त करना [to ~ the support, cooperation, services, of s.o.]; **~ment** *n* 1 भरती, 2 (सहयोग, समर्थन आदि की) प्राप्ति

enliven इन्‌लाइवन *vt* (व्यक्ति, बहस, काम आदि में) जान डाल देना, प्राण फूंक देना, अनुप्राणित करना; to ~ trade व्यापार को चमकाना

en masse F आँ मैस *adv* सब मिल के, सबके सब, सामूहिक रूप से

enmesh इन्मेॅश *vt* जाल में फंसाना, उलझाना

enmity एंन्‌मिटि *n* शत्रुता, दुश्मनी, वैर, विरोध, लाग [to be at ~ with one's neighbours]

ennoble इनोबल *vt* 1 (साधारण व्यक्ति को) अभिजात वर्ग में शामिल करना, प्रतिष्ठा बढ़ाना, प्रतिष्ठित पद पर नियुक्त करना, 2 आचार-विचार सुधारना, (व्यक्ति या मन को) उदार बनाना, (चरित्र को) उदात्त बनाना

ennui F आँन्वी *n* (खाली बैठे रहने या रुचि न होने के कारण पैदा होने वाली) उकताहट, ऊब; खीज

enormity इनॉर्‌मिटि *n* 1 दुष्टता, अत्याचार, 2 घोर अपराध, भारी गलती, 3 विशालता [the ~ of the problem of housing in Delhi]

enormous इनॉर्‌मस *a* 1 बहुत बड़ा, विशालकाय, बृहत् [~ beast], 2 बहुत अधिक, ज़्यादा, भारी, महान् [~ difference]; **~ly** बहुत अधिक

enough इनफ़ *a*, *n* & *adv* (मात्रा, संख्या में) पर्याप्त, काफ़ी, यथेष्ट, there is ~ milk; there is milk ~; *n* पर्याप्त मात्रा, पर्याप्त संख्या, काफ़ी [We have ~ of butter]; I have had ~ of him मैं उससे तंग आ गया हूं; *adv* पर्याप्त रूप से, क़ाफी, ख़ूब [the meat is not boiled ~; You know well ~ what I mean; I have told you clearly ~]

en passant F आँ पासाँ *adv* चलते चलाते, बातों-बातों में, प्रसंगवश

enquire=inquire; **enquiry**=inquiry

enrage इन्‌रेज *vt* गुस्सा दिलाना, क्रुद्ध करना, सख़्त नाराज़ करना, भड़काना [~d at or by s.o.'s comment]

enrapture इन्‌रैप्‌चर *vt* अत्यन्त प्रसन्न करना, उल्लसित करना, आनन्दविभोर करना, रोमांचित करना

enrich इन्‌रिच *vt* 1 धनी या धनवान् या धनाढ्य बनाना, सम्पन्न या समृद्ध बनाना, 2 (संग्रह, संग्रहालय में) नई चीज़ें जोड़ना, ग्रंथ में नई बातें जोड़ना, 3 (खाद्यपदार्थ को) पौष्टिक एवं स्वादिष्ट

बनाना; ~**ment** *n* संवर्धन, समृद्धि, सम्पन्नता

enrol, -ll इनरोल *vt*, *vi* 1 भरती करना, 2 सूची में नाम लिखना या दर्ज करना, नाम लिखाना या दर्ज कराना, 3 (सभा आदि का) सदस्य बनाना या बनना [to ~ (s.o.) as a member]; **enrolment** *n* भरती; सदस्य बनाना, नामांकन

en route F आँ रूट *adv* जाते हुए, मार्ग में [We stopped in Rome en route **from** Delhi **to** London]

ensconce इन्स्कॉन्स *vt* to ~ oneself सुखद (एवं गुप्त) स्थान में जा बैठना, जा छिपना [He ~d himself in a corner, in an armchair]

ensemble F आँसाँब्ल *n* 1 समूची या समग्र वस्तु, समष्टि, 2 समष्टि का प्रभाव, सामूहिक प्रभाव, 3 समवेत अभिनय या गान

enshrine इन्श्राइन *vt* 1 (अवशेष को) मन्दिर में रखना, मूर्ति को स्थापित या प्रतिष्ठित करना, 2 *fig* (पवित्र या बहुमूल्य वस्तु को किसी जगह) सुरक्षित रखना, His memory is enshrined **in** my heart उसकी याद मेरे दिल में बसी हुई है, [Fundamental rights are enshrined **in** our constitution]

enshroud इन्श्राउड *vt* ढक लेना, छिपा लेना, पर्दा डालना

ensign ऍन्साइन *n* 1 झंडा, पताका, ध्वज, ध्वजा, 2 झंडा ले कर चलने वाला, ध्वजाधारी

ensilage ऍन्सिलिज *n* & *vt* चारे के लिए हरी घास का गड्ढे आदि में संरक्षण, चारा-संरक्षण; *vt* चारे को गड्ढे या साइलो (silo) में सुरक्षित रखना

ensile इन्साइल *vt* (चारे को) गड्ढे या साइलो में रखना

enslave इन्स्लेव *vt* दास बनाना, गुलाम बनाना, ~d to a habit, superstition आदत का गुलाम, अन्धविश्वास का दास; ~**ment** *n* दास बनाना या बनाया जाना, दासता, गुलामी

ensnare इन्स्नेअर *vt* फंसाना, फांसना; बहकाना, फुसलाना

ensue इनस्यू *vi* 1 बाद में आना या होना, 2 फल या परिणाम होना [to ~ from, on], परिणामस्वरूप आरंभ होना; **ensuing** *a* 1 आगामी, आने वाला, अगला (ensuing year), 2 परिणामी, परिणामस्वरूप होने वाला [ensuing events]

ensure इन्शुअर *vt* 1 सुरक्षित रखना या करना, सुरक्षा का प्रबन्ध करना [to ~ **s.o.** *or* **sth** against risks], 2 पक्का करना, निश्चित बनाना [to ~ his success, to ensure **that** he will succeed], 3 प्राप्त कराना, उपलब्ध कराना, पक्का प्रबन्ध करना, निश्चित व्यवस्था करना [to ~ sth **to, for,** s.o.]

entablature इन्टैब्लचर *n* स्तंभशीर्ष के ऊपर की रचना, स्तंभोपरि रचना

entail^1 *n* 1 भूसंपदा के उत्तराधिकारियों का क्रम निर्धारित करना ताकि संपदा वसीयत द्वारा किसी और को न दी जा सके, उत्तराधिकार-क्रम-निर्धारण, 2 उत्तराधिकार से प्राप्त भूसंपदा, 3 *fig* कुलक्रमागत या पैतृक गुण या स्वभाव या विश्वास आदि

entail^2 इन्टेल *vt* 1 (*law*) to ~ an estate on s.o. किसी के नाम जायदाद लिख देना (जिसे वह बेच न सके), अविक्रेय संपत्ति के रूप में देना, 2 (of actions) कारण होना, फल या परिणाम होना, This ~s much labour, heavy expenditure इस काम में बहुत मेहनत पड़ती है, इस काम पर बहुत खर्च आता है

entangle इन्टैङ्गल *vt* 1 (जाल आदि में) फाँसना, फंसाना, उलझाना, 2 (बालों, सूत आदि को) उलझाना, 3 (मामले को) उलझाना या जटिल बनाना, 4 *fig* (कठिनाइयों, मुसीबतों आदि में) फंसाना, उलझाना to ~ s.o., oneself , **in** smuggling, *or* **with** smugglers]; to get ~d फंस जाना

entanglement *n* 1 फंसा या उलझा होना [his ~ **with** smugglers], 2 उलझाव, वि० प्रेम में फंसा होना, प्रेम-संबंध, 3 झमेला, झंझट, बखेड़ा, बन्धन, 4 (*mil*) खूंटों और कँटीले तार की बनी हुई बाड़

entente F. आँताँत *n* 1 (राष्ट्रों का) आपसी सद्भाव, मित्रता, मैत्री; मित्र राष्ट्र, 2 ~ **cordiale** (दो सरकारों की) मैत्री, मैत्री-संबंध

enter ऍन्टर *vt* & *i* I *vt* 1 प्रवेश करना, घुसना, दाख़िल होना [to ~ a house], 2 (सूची में नाम) लिखना, दर्ज करना, चढ़ाना, 3 (*abs*) to ~ **for** a contest, race etc. प्रतियोगिता, दौड़ (प्रतियोगिता) के लिए नाम देना या लिखाना, 4 (*Parl*) **to ~ a protest** (लिखित) विरोध करना, विरोध-पत्र देना या भेजना, 5 to ~ the Army, Air Force, etc. सेना, वायुसेना, में भरती होना, II *vi* 1 to ~ **into** conversation, discussion बातचीत, वाद-विवाद, में शामिल होना या भाग लेना, 2 to ~ **into** an agreement, a contract, a bargain समझौता, करार, सौदा करना, 3 to ~ **into** explanations स्पष्टीकरण देना, सफ़ाई देना, 4 to ~ **into** relations **with** **s.o.** किसी के साथ संबंध स्थापित करना, 5 to ~ **upon** an office, a career, a work पद ग्रहण करना, पेशा अख़्तियार करना, काम शुरू करना, 6 अन्तर्गत या शामिल होना [Such considerations do not ~ **into** my plan]

enteric ऍन्टेरिक *a* 1 आँतों का, अन्तड़ियों का, ~ **fever** मोतीझरा, मियादी बुखार, टाइफ़ाइड

enteritis ऍन्टराइटिस *n* आँतों की सूजन, आन्त्रशोथ

enterprise ऍन्टर्प्राइज़ *n* 1 उद्यम, उद्योग, उपक्रम, व्यवसाय: कठिन काम, 2 (कठिन काम करने का) साहस, हिम्मत, उद्यम या उद्योग (की भावना), उद्यमी स्वभाव; he has no enterprise उसमें

उद्यम नहीं है, वह उद्यमी नहीं है; **enterprising** *a* उद्यमी, उद्योगी, साहसी, हिम्मती

entertain ऐंन्टर्टेन *vt* 1 मनोरंजन करना, दिल बहलाना, to ~ s.o. **with** a story कहानी सुना कर किसी का जी बहलाना, 2 आतिथ्य या अतिथि-सत्कार करना, ख़ातिर या ख़ातिरदारी करना, मेहमानदारी करना, (i) to ~ s.o. **to** dinner किसी को भोज देना या खाना खिलाना, (ii) (*abs*) They ~ a great deal वे बहुत ख़ातिरदारी करते हैं; प्राय: भोज देते रहते हैं, 3 मन में रखना, दिल में लाना [to ~ an idea, a fear, a hope, a feeling], 4 विचार करना, विचार करने को तैयार होना, ध्यान देना, स्वागत करना [to ~ a proposal, request]; **~ing** *a* मनोरंजक

entertainment *n* 1 आतिथ्य, स्वागत, 2 मनोरंजन, आमोद-प्रमोद, मनोविनोद, 3 (सिनेमा, सर्कस आदि) खेल, तमाशा, ~tax मनोरंजन-कर

enthral इन्थ्रॉल *vt* (-ll-) 1 मन्त्रमुग्ध करना, मोहित करना [The audience was enthralled by her superb performance], 2 दास बनाना, वशीभूत करना

enthrone इन्थ्रोन *vt* 1 गद्दी पर बैठाना, (बड़े पादरी, मठाधीश का) अभिषेक करना, (राजकुमार, नरेश का) राज्याभिषेक करना, 2 *fig* दिल में जगह देना, प्रतिष्ठित करना [a leader ~ed in the hearts of the people]; **~ment** *n* राज्याभिषेक, राज्यारोहण, सिंहासनारोहण

enthuse इन्थ्यूज़ *vi* (*colloq*) जोश में आना, उत्साह व्यक्त करना [to ~ **over, about**, sth]

enthusiasm इन्थ्यूज़ियैज़म *n* उत्साह, जोश, उमंग, [~ **for, about, s.o., a cause, etc.**]

enthusiast इन्थ्यूज़ियैस्ट *n* रुचि लेने वाला, उत्साही व्यक्ति, शौकीन [a cricket ~; an ~ **for, about**, reform]

enthusiastic इन्थ्यूज़ियैस्टिक *a* उत्साही; जोशीला, उत्साहपूर्ण, जोशभरा; **~ally** *adv* उत्साहपूर्वक, जोश के साथ

entice इन्टाइस *vt* 1 फुसलाना, बहकाना, लालच या प्रलोभन देना, to ~ s.o. **to do** sth किसी को कोई काम करने का प्रलोभन देना, 2 बहका कर ले जाना [to entice s.o., **away from** a place, **into** a place]; **~ment** *n* 1 बहकावा, प्रलोभन, लालच, 2 ललचाने वाली चीज़ या बात, आकर्षण

entire इन्टाइअर, *n* समस्त, समग्र, समूचा, सारा, सारे का सारा, सब का सब, अखंड, सकल, संपूर्ण, नि:शेष

entirely *adv* पूर्णत:, पूर्णतया, सर्वथा, पूरी तरह, बिल्कुल, सरासर, 2 केवल [did it ~ for my benefit]

entirety इन्टाइअर्टि *n* समग्रता, संपूर्णता, अखंडता: **in its ~** सारे का सारा, पूरे का पूरा, समूचा, आद्योपान्त

entitle इन्टाइटल *vt* 1 (पुस्तक आदि का) नाम रखना, (लेख का) शीर्षक देना, 2 (व्यक्ति को) उपाधि या पदवी देना, ख़िताब देना, 3 अधिकार देना, हक देना, हकदार बनाना [to ~ s.o. **to** sth, to do sth]

entitled *a* अधिकारवान्, अधिकारी, हकदार, to be ~ अधिकार या हक होना, I am ~ to say this मुझे यह कहने का हक (या अधिकार) है

entitlement *n* अधिकार, अधिकार-प्राप्ति, अधिकारवत्ता, हकदारी

entity ऐंन्टिटि *n* 1 (वस्तु का) अस्तित्व, सत्ता, 2 (सचमुच अस्तित्व रखने वाली) वस्तु, अस्तित्ववान् वस्तु या पदार्थ

entomb इन्टूम *vt* 1 (शव आदि को) कब्र में गाड़ना, दफ़नाना, समाधि में स्थापित करना,. 2 *fig* सुरक्षित रखना, 3 (शव या अवशेष के लिए) कब्र या समाधि का काम देना; **~ment** *n* दफ़न; समाधि (-स्थान)

entomic इन्टोंमिक *a* कीट-संबंधी, कृमिसंबंधी; **entomological** ऐंन्टम-लोंजिकल *a* कीटविज्ञान संबंधी; **entomologist** ऐंन्टमॉलजिस्ट *n* कीट विज्ञानी; **entomology** ऐंन्ट-मॉल-जि *n* कीट विज्ञान

entourage F आँतूराश्ज़ 1 साथ रहने वाले लोग, संगी-साथी, मित्र मंडली, भृत्यवर्ग, परिचारक-गण, 2 परिवेश, परिसर

entrails ऐंन्ट्रेल्ज़ *n pl* 1 आँतें, अँतड़ियां, 2 *fig* भीतरी भाग, ~ of the earth भूगर्भ

entrain इन्ट्रेन *vt* & *i* गाड़ी में सवार करना या होना

entrammel इन्ट्रैमल *vt* फँसाना, उलझाना; रोकना, विघ्न या बाधा डालना, अड़ंगा लगाना

entrance^{1} ऐंन्ट्रंस *n* 1 भीतर घुसना, प्रवेश, दाख़िला, ~(-fee) प्रवेश-शुल्क, 2 (अभिनेता का) रंगमंच पर आना, 3 द्वार, प्रवेश-द्वार [use the front ~], भीतर जाने का मार्ग [the ~ to the tunnel]

entrance^{2} इन्ट्रांस *vt* हर्ष अथवा भय से अभिभूत कर देना [~d **with** joy or fear **at** the sight], इतना प्रसन्न करना कि व्यक्ति को अपनी सुध-बुध न रहे, उल्लसित करना, आह्लादित करना, आनन्दविभोर करना

entrant ऐंन्ट्रन्ट *a* 1 प्रवेश करने वाला, प्रविष्ट होने वाला, 2 (पेशा, व्यवसाय) आरंभ करने वाला, 3 नया भरती होने वाला, 4 प्रतियोगिता के लिए नाम देने वाला, प्रतियोगी [~ for a competition etc]

entrap इन्ट्रैप *vt* (-pp-) जाल में फंसाना या फाँसना, बहकाना, फुसलाना

entreat इन्ट्रीट *vt* विनती करना, अनुनय-विनय करना, प्रार्थना करना, नम्र निवेदन करना, गिड़गिड़ाना [to ~ s.o. **to do** sth]; **~ingly** *adv* सविनय, विनयपूर्वक, गिड़गिड़ा कर

entreaty इन्ट्रीटि *n* विनती, अनुनय-विनय, प्रार्थना,

याचना, नम्र-निवेदन

entrench इन्ट्रें न्च *vt* 1 (सैनिक चौकी, नगर आदि के इर्द-गिर्द) खाई खोदना, खाई खोद कर सुरक्षित करना, सुरक्षा का प्रबंध करना, 2 to ~ oneself खाई खोद कर जम जाना, पैर जमा लेना, डट जाना, अपनी सुरक्षा का अच्छा प्रबन्ध करना, 3 *fig* (विधान आदि द्वारा) अति सुरक्षित या दृढ़ करना; **entrenched clauses** (संविधान की) दृढ़ धाराएं (जिन्हें विशेष विधि के बिना बदला नहीं जा सकता); दुष्परिवर्तनीय धाराएं

entrenchment *n* 1 खाई, खन्दक, खाईबन्दी, 2 सुरक्षा की अच्छी व्यवस्था, 3 दृढ़ीकरण

entrepot F ओं न्त्रपो *n* 1 गोदाम, 2 आयात-निर्यात का केन्द्र

entrepreneur F आन्त्रप्रनर *n* उद्योग-धंधा चलाने वाला, उद्यमकर्त्ता , उद्यमी

entrust इन्ट्रस्ट *vt* 1 (किसी को कोई काम या वस्तु) सौंपना, देना, (किसी के) सपुर्द करना [to ~ s.o. **with** sth; to ~ sth, duty etc. **to** s.o.], 2 to ~ s.o. **with** the care of sth किसी को किसी वस्तु की देखभाल का काम सौंपना

entry ऍन्ट्रि *n* 1 प्रवेश, दाख़िला, ~ permit प्रवेश पत्र, 2 *law* कब्ज़ा (करना), 3 द्वार, प्रवेशद्वार, भीतर जाने का मार्ग, 4 दर्ज करना, इन्दराज, लिखत, 5 (दौड़ आदि की) प्रतियोगिता के लिए दिये गये नाम, प्रविष्टि; प्रतियोगियों की सूची

entwine इन्ट्वाइन *vt* 1 गूंथना [to ~ one thg **with, about, around,** another], 2 दो तारों को मिला कर बुनना

enumerate इन्यूमरेट *vt* 1 गिनना, गणना करना, 2 गिन कर बताना, (समुदाय की वस्तुओं का) एक-एक करके नाम लेना, ब्योरा देना, विवरण देना, बयान करना, (वस्तु-विशेष का) निर्देश करना, **~d** *a* परिगणित; **enumeration** *n* गिनती, गणना; **enumerator** *n* गिनती करने वाला, गणक, गणनाकार

enunciate इनन्सियेट *vt* 1 (सिद्धान्त, मत आदि) स्पष्ट शब्दों में व्यक्त करना, प्रतिपादन करना [to ~ a theory, proposition], 2 घोषणा करना, प्रख्यापन करना, 3 (शब्दों का) उच्चारण करना, to ~ words clearly शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करना

enunciation इनन्सियेशन *n* 1 प्रतिपादन, निरूपण, 2 प्रख्यापन, 3 (Nyaya *philos*) प्रतिज्ञा, 4 उच्चारण

enure *vi*=inure *vi*

envelop इन्वेंलप *vt* 1 लपेट लेना [to ~ a thing in a piece of cloth], ढक लेना, छिपा लेना, आवृत करना, परिवेष्टित करना [to ~ a subject etc. in mystery; to ~ a house in flames; mystery ~s a subject; flames ~ ~ a house], 2 *mil* (शत्रु सेना को) घेर लेना; **~ment** आच्छादन, परिवेष्टन; घेरना, घिराव

envelope ऍन्वलोप *n* 1 लिफाफ़ा, 2 गिलाफ़, ख़ोल. आवरण.

envenom इन्वें नम *n* (शस्त्र, वातावरण आदि को) विषाक्त करना, (शब्दों, वाद-विवाद को) कटु बनाना, में कटुता भरना. विष भरना

enviable ऍन्-विय-बल *a* 1 (व्यक्ति) जिस से दूसरे ईर्ष्या करें, ईर्ष्यास्पद, ईर्ष्या का पात्र [~ person], 2 (वस्तु) जिसे दूसरे भी पाना चाहें, स्पृहणीय, वांछनीय [~ success]

envious ऍन्वियस *a* ईर्ष्या करने वाला, ईर्ष्यालु, to be ~ **of** s.o. किसी से ईर्ष्या करना, डाह करना, जलना; ~ look ललचाई हुई दृष्टि; ~ly *adv* 1 ईर्ष्यापूर्वक, 2 ललचा कर

environ इन्वाइअरन *vt* घेरना, परिवेष्टित करना [a valley ~ed by hills]

environment इन्वाइअरन्मन्ट *n* 1 आस-पास की चीज़ें, आस-पास का प्रदेश या वातावरण, परिवेश, पर्यावरण, पास-पड़ोस, 2 परिस्थितियां; **~al** *a* पर्यावरणी

environs *n pl* (नगर आदि के) आस-पास का इलाका या प्रदेश, परिवेश

envisage इन्विज़िज *vt* 1 *arch* (ख़तरे, कठिनाई का) सामना करना, 2 (मामले के किसी पहलू का) विचार या ख़्याल करना, सोचना, कल्पना करना, 3 (अविद्यमान वस्तु या परिस्थिति की) कल्पना करना [He ~d an era of space research]

envoy ऍन्वों इ *n* 1 राजदूत (ambassador) और कार्यदूत (charge' d'affaires) के बीच का अधिकारी, उपराजदूत (also called ~ extraordinary), 2 दूत, राजनयिक प्रतिनिधि

envy^1 ऍन्वि *n* 1 ईर्ष्या, डाह, जलन, असूया, (अपने में अविद्यमान गुण वाले अन्य व्यक्ति की) प्रशंसा, सराहना, प्रशंसापूर्वक ईर्ष्या, ईर्ष्यापूर्वक स्पृहा या कामना, 2 जिस बात या चीज से ईर्ष्या हो, ईर्ष्या का कारण, to be the ~ **of** s.o. किसी की ईर्ष्या का कारण होना [His new house was the ~ of his relatives]

envy^2 *vt* ईर्ष्या करना, डाह करना, स्पृहा करना, **to envy s.o. sth** किसी चीज के कारण किसी से ईर्ष्या करना; किसी की कोई चीज देख कर ईर्ष्यापूर्वक प्रशंसा करना [I ~ you; I ~ your good fortune]

enzyme ऍन्ज़ाइम *n* (*chem*) ख़मीर पैदा करने वाला रसायन, किण्वक, प्रकिण्व

eolithic ईअलिथिक *a* आदि पाषाण या उषःपाषाण युग का

eon ईअन, see aeon

epaulet(te) ऍप-लैंट *n* (सैनिक की) वर्दी के कन्धे पर बना पदसूचक चिन्ह, स्कन्धिका

epexegesis ऍपें क्सिजीसिस *n* 1 अर्थ को स्पष्ट करने के लिए शब्द जोड़ना, 2 इस उद्देश्य से जोड़ा

गया शब्द, अर्थपूरण (*e.g.* 'to do in 'This is very difficult to do'; 'to find' in 'This is very sad to find.'), epexegetic *a* अर्थपूरक

ephemera इफ़ेॅमर: *n* (*pl* ~'s or ~e) 1 एक दिन या थोड़े ही दिन जीने वाला कीड़ा, 2 अचिर-स्थायी पदार्थ, क्षणभंगुर वस्तु

ephemeral इफ़ेॅमरल *a* 1 एक दिन का (ज्वर आदि), एक-दो दिन रहने वाला (कीट, फूल आदि), 2 अल्पकालिक, अचिरस्थायी, क्षणभंगुर [~ beauty, glory, etc]; **~ity** *n* अल्पकालिकता, क्षणभंगुरता, एक-दो दिन का जीवन

ephemeris इफ़ेॅमरिस *n* (*pl* **-ides**) *astron* (नक्षत्रों की स्थिति बताने वाला) पंचांग

epic ऐॅपिक *n* & *a* 1 (एक या अनेक वीरों के कारनामों का वर्णन करने वाला) महाकाव्य (*e.g.* संस्कृत में रामायण, महाभारत; ग्रीक में होमरकृत ईलियड, आडिसी), 2 राष्ट्र के अतीत गौरव का चित्रण करने वाला महाकाव्य, राष्ट्र की गौरव-गाथा [national ~]; *a* महाकाव्य के उपयुक्त (विषय) वीरतापूर्ण, शानदार [~ struggle, combat]; ~ **poetry** महाकाव्य

epicene ऐॅपिसीन *a* & *n* 1 उभयलिङ्गी, 2 अशक्त

epicentre ऐॅपिसेॅन्टर *n* भूकम्प के वास्तविक केन्द्र के ठीक ऊपर धरती-तल का वह बिन्दु जहाँ से भूकम्प के झटके चारों तरफ़ फैलते प्रतीत हाते हैं, (धरती पर) भूकम्प का केन्द्र, अधिकेन्द्र

epicure ऐॅपिक्यु्अर *n* खाने-पीने के विषय में परिष्कृत रुचि रखने वाला, स्वादिष्ट भोजन एवं अच्छी शराब का पारखी

epicurean ऐॅपिक्यु्अरीयन *a* & *n* ग्रीक दार्शनिक ऐपिक्यू्रस (Epicurus 342—270 B.C.) का अनुयायी, इन्द्रियों के द्वारा परम सुख पाने का अभिलाषी, आनन्दोपासक; **~ism** *n* इन्द्रियों के द्वारा परम सुख पाने का सिद्धान्त, आनन्दोपासना

epidemic ऐॅपिडेॅमिक *n* & *a* ऐसी बीमारी जो स्थान-विशेष में भयंकर रूप में फूट पड़े और कुछ समय तक ही रहे (cf. endemic), महामारी, वबा; *a* महामारी-जैसा, भयङ्कर, व्यापक

epidemiology ऐॅपि-डीमियोॅलजि *n* महामारी-विज्ञान

epidermis ऐॅपिडर्मिस *n* वाहर की खाल, वाह्य त्वचा

epiglottis ऐॅपिग्लोॅटिस *n* गले में लटकता हुआ मांसखंड, घांटी, कौआ, कण्ठच्छद

epigram ऐॅपिग्रैम *n* 1 लघुकविता जिसके अन्तिम पद्य में कोई व्यंग्य या मजेदार उक्ति हो, 2 सूक्ति सुभाषित, विदग्धोक्ति; **~matic** *a* सूक्तिपूर्ण; व्यंग्यात्मक; **~matist** *a* सूक्तिलेखक, सूक्तिकार

epigraph ऐॅपिग्राफ़ *n* पत्थर, मूर्त्ति, सिक्के आदि पर खुदा लेख, शिलालेख, पुरालेख; **~ist** *n* पुरालेखविद्, पुरालेखशास्त्री

epigraphy ऐॅपिग्रफ़ि *n* पुरालेखों या शिलालेखों का अध्ययन, पुरालेखविद्या

epilepsy ऐॅपिलेॅप्सि *n* मिरगी, अपस्मार

epileptic ऐॅपिलेॅप्टिक *a* & *n* मिरगी का [~ fit], मिरगी-ग्रस्त; *n* मिरगी का रोगी

epilogue ऐॅपिलोॅग *n* 1 (काव्य, नाटक आदि का) उपसंहार, 2 नाटक के अन्त में किसी पात्र की संक्षिप्त उक्ति, (संस्कृत नाटक में) भरतवाक्य

episcopal इपिस्कपल *a* विशप या बिशपों का, धर्माध्यक्ष का

episode ऐॅपिसोड *n* प्रासंगिक घटना, प्रासंगिक कथा या चर्चा, उपाख्यान; (घटनाक्रम में से) एक घटना (का वर्णन)

epistemology ऐॅपिस्टि-मोॅलजि *n* इस विषय में सिद्धान्त कि मनुष्य को इन्द्रियों, मन, बुद्धि आदि के द्वारा जगत् का ज्ञान कैसे होता है; बाह्यजगत् के ज्ञान का सिद्धान्त, ज्ञानमीमांसा

epistle इ-पिसल *n* 1 *joc* पत्र, 2 ईसा के बारह प्रमुख शिष्यों में से किसी का पत्र, सन्देशपत्र, 3 पत्रों के रूप में कविता या कोई कृति, पत्रकाव्य

epistolary इ-पिस्टलरि *a* पत्र-संबंधी, पत्रों का, पत्रों के द्वारा किया जाने वाला, पत्रात्मक

epitaph ऐॅपिटाफ़ *n* कब्र या समाधि पर लिखा लेख, समाधि-लेख; मृतक की स्मृति में लेख, स्मृतिलेख

epithalamium ऐॅपिथलेमियम *n* (*pl* **-iums, -ia**) विवाहगीत, सुहागगीत

epithet एॅपिथेॅट *n* 1 गुणवाचक विशेषण, 2 उपाधि, (सार्थक) उपनाम, विशेषनाम

epitome इपिटमि *n* (ग्रन्थ आदि का) संक्षेप, संक्षिप्त रूप, सार, 2 *fig* छोटा नमूना, लघु रूप या प्रतिरूप, Man is the ~ of the world मनुष्य विश्व का लघु प्रतिरूप है; **epitomize** *vt* संक्षिप्त करना, लघु रूप होना

epoch ईपोॅक, ऐॅपोॅक *n* 1 (इतिहास, विज्ञान, जीवन आदि के) नये काल का आरंभ, युगारंभ, **to make an ~** युगारंभ करना, युगान्तरकारी होना; an **~-making** event युगान्तरकारी घटना, 2 (महत्त्वपूर्ण घटनाओं का) काल, युग

epos ऐॅपोॅस *n* प्राचीन काल का अलिखित वीर-काव्य, महाकाव्य

Epsom ऐॅप्सम *n* इंग्लैंड का प्रसिद्ध नगर जहां Derby, Oaks आदि घुड़दौड़ें होती हैं; ~ salt = magnesium sulphate, एक रेचक रसायन, एप्सम लवण

equability ऐॅक्वबिलिटि *n* 1 एकसमानता, एक-रूपता, एकरसता, 2 शान्त स्वभाव, धीर स्वभाव

equable ऐॅक्वबल *a* एकसमान, एकरूप, एक सा, सदा एकरस रहने वाला, कभी अति न करने वाला; ~ temperament न बहुत गरम न बहुत नरम स्वभाव, शान्त स्वभाव, धीर स्वभाव

equal^1 ईक्वल *a* & *n* 1 सम, समान, तुल्य, बराबर,

समकक्ष, 2 किसी काम के लिए पर्याप्त क्षमता या योग्यता रखने वाला [∼ to doing sth]; to be ∼ to the task काम करने की पर्याप्त क्षमता या योग्यता रखना, to be ∼ to the occasion स्थिति का मुकाबला करने (या स्थिति से निपटने) के लिए पर्याप्त साहस या योग्यता रखना; *n* समान दर्जे का व्यक्ति, बराबर वाला, जोड़ीदार, जोड़ का, टक्कर का, समकक्ष; Mix with your ∼s बराबर वालों (या अपने जैसों) के साथ मेल-जोल रखो; **equally** *adv* समान रूप से, वैसा ही, उतना ही [equally good]

equal^2 *vt* (-ll-) सम या समान या तुल्य या बराबर होना, समान कोटि या दर्जे का होना, समकक्ष होना, बराबरी करना

equality इक्वॉलिटि *n* समता, समानता, साम्य, बराबरी, समकक्षता, बराबर दर्जे का होना, **on a footing of ∼** समानता या बराबरी के आधार पर

equalization *n* समकरण

equalize ईक्वलाइज *vt & i* 1 बराबर करना या होना, समान करना या होना, बराबरी पर आ जाना, 2 *sport* स्कोर बराबर करना

equanimity ईक्व-निमिटि *n* (शब्दार्थ—मन की एकरूपता); राग-द्वेष, काम क्रोध आदि भावनाओं से उद्वेल्लित न होने का स्वभाव, ठंडा दिल और दिमाग़, शान्त स्वभाव, धीर स्वभाव, धीरता, समचित्तता, समत्व, समत्व बुद्धि

equate इक्वेट *vt* 1 बराबर करना, समीकरण करना, 2 बराबर समझना, एक-जैसा मानना [to ∼ sth to, with, sth]

equation इक्वेश्ज़न *n* 1 *math* समीकरण, 2 बराबर करना, सन्तुलित करना, सन्तुलन [∼ of supply & demand], 3 **personal equation** (*astron*) ग्रहों की गति अथवा किसी भी इन्द्रियगोचर विषय के निरीक्षण में निरीक्षक व्यक्ति की गलती की मात्रा (जिसे ध्यान में रखकर ही सही परिणाम पर पहुंचा जा सकता है); व्यक्तिक त्रुटि; *fig* व्यक्तिगत पूर्वग्रह या पक्षपात

equator इक्वेटर *n* भूमध्यरेखा, विषुवत् रेखा, विषुवद्वृत्त

equatorial ईक्वेटॉरियल *a* भूमध्यरेखा का, विषुवद्वृत्तीय, भूमध्यरेखा के आस-पास का

equestrian इक्वेॅस्ट्रियन *a & n* 1 अश्वारोहण-संबंधी, 2 अश्वारोही, अश्वारूढ़, घुडसवार [∼statue of Sivaji]; *n* घुड़सवार; अश्वारोही, घुड़सवारी के करतब दिखाने वाला

equiangular ईक्वि-ऐङ्ग्युलर *a* (*geom*) समकोणीय, समकोणिक

equidistant ईक्विडिस्टन्ट *a* समदूरस्थ, समदूरवर्ती, समान दूरी पर स्थित

equilateral ईक्विलैट्रल *a* (*geom*) (त्रिकोण) जिसके तीनों भुज बराबर हों, समबाहु, समभुज

equilibrate ईक्विलिब्रेट *vt & i* (दो पदार्थों का) भार बराबर करना, (दो पदार्थों को) संतुलित करना, 3 धड़ा करना, 4 *vi* भार बराबर होना, सन्तुलित होना

equilibrist इक्विलिब्रिस्ट *n* (रस्सी पर चलने वाला) नट

equilibrium ईक्विलिब्रिअम *n* 1 सन्तुलन, समतोल, 2 मानसिक सन्तुलन, साम्य, साम्यावस्था, समत्वबुद्धि, अविचलता, धैर्य्य, साहस, 3 (न्याय करने में) निष्पक्षता

equine ईक्वाइन *a* अश्वसंबंधी, ∼ race अश्वजाति

equinoctial ईक्विनॉक्शल *a* (f. foll) 1 विषुव का, विषुवीय, विषुवकालीन, 2 विषुवकाल में या उसके आस-पास होने वाला, ∼ gales विषुवकालीन झंझावात, विषुवझंझा, 3 विषुवत् रेखा (या भूमध्य रेखा) पर या उसके आस-पास होने वाला

equinox ईक्विनॉक्स *n* वह तिथि या समय जब सूर्य भूमध्यरेखा पर पहुंचता है और दिन और रात बराबर होते हैं, विषुव; **vernal ∼** वसन्तकालीन विषुव, वसन्त विषुव (२० या २१ मार्च); **autumnal ∼** शरत्कालीन विषुव, शरद् विषुव (२२ या २३ सितम्बर) [*L.* nox, noctis=*Skt* नक्तम् =night]

equip इक्विप *vt* (-pp-) 1 (जहाज़, सेना, व्यक्ति को) आवश्यक सामान या सामग्री से सज्जित करना, सुसज्जित करना, लैस करना, 2 (फ़ैक्टरी, प्रयोगशाला को) यन्त्रों या औज़ारों या उपकरणों से सुसज्जित करना, 3 to ∼ oneself for a journey यात्रा की सामग्री जुटाना, to ∼ s.o. with sth किसी को कोई सामान या सामग्री देना

equipage ऍक्विपिज *n* 1 (किसी काम के लिए) आवश्यक वस्तुएं या सामग्री, साज-सामान, 2 (यात्रा के लिए) बोरिया-बिस्तर आदि, 3 नौकर-चाकर सहित घोड़ा-गाड़ी

equipment *n* 1 उपस्कर, सामान, साज-सामान, सज्जा, वर्दी, 2 (फ़ैक्टरी के) उपकरण, यन्त्र, औज़ार आदि, 3 साधन

equipoise ऍक्विपॉइज *n & vt* 1 सन्तुलन, 2 *fig* मानसिक सन्तुलन, समत्वबुद्धि, समचित्तता, 3 पासंग, धड़ा; *vt* 1 धड़ा बान्धना, धड़ा करना, 2 प्रतिसंतुलित करना

equitable ऍक्वि-टबल *a* (see equity) 1 न्यायसंगत, न्यायसम्मत, न्यायोचित, न्याय्य, इन्साफ़ का, उचित, ठीक; **equitably** *adv* न्यायसंगत ढंग से

equity ऍक्विटि *n* 1 निष्पक्ष न्याय की धारणा (जो लिखित कानून से श्रेष्ठतर मानी जाती है,) न्याय्यता, औचित्य, निष्पक्षता, न्यायप्रियता; **justice and ∼** न्याय और निष्पक्षता, न्याय और औचित्य, 2 कानून की त्रुटियों को दूर करने के लिए न्याय के सिद्धान्तों का पालन, 3 **equities** (कंपनी के) साधारण शेयर, 4 ∼ **capital** सामान्य शेयर पूंजी

equivalence *n* 1 समानता, तुल्यता, समकक्षता, बराबरी, 2 समानार्थकता

equivalent इक्विव-लन्ट *a* 1 समान मूल्य का, सममूल्य, सम, समकक्ष, बराबर, बराबर का [to be ∼ to sth]; 2 समान अर्थ का, समानार्थक, पर्यायवाचक, पर्यायवाची; *n* 1 समान मूल्य या उपयोगिता की वस्तु, समानक [to be **the** ∼ **of** sth], 2 समानार्थक (शब्द), पर्याय, पर्यायवाची [No English word is the exact ∼ of the Hindi word 'Dharma']

equivocal इक्विव-कल *a* 1 द्व्यर्थक, दोमानी, अस्पष्ट, गोलमोल [∼ answer], 2 अनिश्चित, डाँवांडोल, अस्थिरचित्त, दोचित्ता, 3 (of person, character, etc) सन्दिग्ध, सन्देहास्पद

equivocate इक्विव-केट *vi* (सत्य को छिपाने के लिए) द्व्यर्थक शब्दों का प्रयोग करना, दोमानी बात कहना, वाक्छल करना, **equivocation** *n* द्व्यर्थक शब्द, दोमानी बात, वाक्छल

equivoque ऍक्विवोक *n* 1 श्लेष, 2 द्व्यर्थकता

era इअरः *n* 1 संवत्, सन् [Saka ∼, Christian ∼], 2 युग, काल [∼ of reforms], 3 युगारंभ, 4 कल्प

eradicate इरैडिकेट *n* 1 जड़ से उखाड़ना, उखाड़ फेंकना, 2 उन्मूलन करना, मूलोच्छेदन करना, ख़त्म करना, मिटाना

eradication इरैडिकेशन *n* उन्मूलन, मूलोच्छेदन

erase इरेज़ *vt* 1 (रबड़ आदि से) मिटाना, छीलना, खुरचना, 2 उन्मूलन करना, निशान तक मिटा देना; ∼**r** इरेज़र *n* रबड़

erasure इरेश्ज़र *n* 1 मिटाना, छीलना, 2 मिटाया हुआ शब्द, 3 जगह जहां से कुछ मिटाया गया हो

ere ऍअर *prep & conj* (*poet*, *arch*) पहले, पूर्व; **ere long** बहुत देर होने से पहले, जल्दी ही, थोड़े ही समय बाद, निकट भविष्य में

erect^1 इरेॅक्ट *a* सीधा, खड़ा, ऊर्ध्व, उत्तान, ऊंचा; to stand ∼ सीधा खड़ा होना; with head ∼ सिर या मस्तक ऊंचा किये हुए

erect^2 *vt* 1 खड़ा करना, उठाना, ऊंचा करना, 2 (भवन) निर्माण करना, बनाना, स्थापित करना; ∼-**ile** *a* उत्थानशील

erection इरेॅक्शन *n* 1 खड़ा करना; उत्थापन, 2 निर्माण, स्थापना, 3 भवन, इमारत, 4 (शिश्न या भगांकुर की) उत्थिति, उत्थान

erg अर्ग *n* (*phys*) काम की इकाई, ऊर्जा की इकाई, अर्ग

ergot अर्गट *n* राई आदि का रोग, अर्गट; **ergotism** अर्गटिज़्म *n* अर्गट(रोग वाले आटे की रोटी खाने से होने वाला)रोग

eristic ऍरिस्टिक *n & a* वादविवाद-कला, शास्त्रार्थ-विद्या; *a* 1 वाद-विवाद-संबंधी, शास्त्रार्थ-संबंधी, 2 (of arguer) विवाद में विजय का इच्छुक (न कि सत्य की जिज्ञासा का)

ermine अर्मिन *n* 1 नेवले की जाति का जानवर जिसका समूर गर्मियों में भूरा और सर्दियों में सफ़ेद होता है, 2 इस जानवर का सफ़ेद समूर (जो जजों आदि के गाउन में लगता है)

erode इरोड *vt & i* 1 (of water current) (तटभूमि को) थोड़ा-थोड़ा कर के काटना, 2 (of acid) (धातुओं को) खा जाना, घुलाना, 3 धीरे-धीरे कम करना या क्षीण करना, नष्ट करना, 4 *vi* क्षीण होना

Eros इअ-रोॅस *n* 1 प्रेम, 2 प्रेम का देवता, कामदेव

erosion इरोश्ज़न *n* 1 (भूमि, मिट्टी का) कटना, कटाव, अपक्षरण, अपरदन, 2 छीजन, 3 *fig* घटना, ह्रास, क्षय

erosive इरोसिव *a* काटने वाला, खा जाने वाला, क्षीण करने वाला

erotic इरोॅटिक *a* कामात्मक, कामोद्दीपक, शृंगारात्मक; ∼ poetry शृंगारकाव्य; ∼**ism** इरोॅटिसिज़्म *n* कामात्मकता, शृंगारिकता; **erotomania** *n* कामज्वर, कामोन्माद, कामात्मकता

err अर *vi* 1 ग़लती करना, भूल करना, चूकना, 2 (of statements etc.) ग़लत होना, 3 भटकना, बहकना, पथभ्रष्ट होना, 4 अपराध करना, पाप करना, **to** ∼ **on the right side** दो अपराधों में से कम भयङ्कर अपराध करना; it is better to ∼ on the side of leniency अधिक सख़्ती की अपेक्षा अधिक नरमी करना अच्छा है; **to err is human** ग़लती करना मानवी प्रकृति है, मनुष्य से ग़लतियां होती ही हैं

errand ऍरन्ड *n* 1 सन्देश वाहक का काम, दूतकार्य, लक्ष्य, उद्देश्य; **to run, go, (on)** ∼**s** किसी का छोटा-मोटा काम करना, छोटे-मोटे काम के लिए इधर-उधर जाना, 2 (छोटा-मोटा) काम, प्रयोजन, उद्देश्य, What's your∼? कैसे आये हो?, 3 ∼-**boy** (छोटे-मोटे काम करने वाला) छोकरा

errant ऍरन्ट *a* 1 साहसिक कार्यों की खोज में घूमने वाला, **knight-errant** (मध्ययुगीन यूरोप का) सैलानी शूरवीर, (also see knight), 2 भ्रमणशील, पर्यटनशील, सैलानी, 3 ग़लती करने वाला, पथभ्रष्ट

erratic इरैटिक *a* 1 अनियत या अनिश्चित या अनियमित गति वाला, 2 कभी कुछ और कभी कुछ करने या कहने वाला, अनियमित, अस्थिरचित्त, डाँवांडोल, ढुलमुल; ∼**ally** *adv* अनियमित ढंग से

erratum ऍरेटम *n* (*pl* **-ta**) छपाई की ग़लती, अशुद्धि; (in *pl*) अशुद्धियां और उनके शुद्ध रूप, शुद्धिपत्र

erroneous इरोनिअस *a* 1 ग़लत, अशुद्ध, भ्रमपूर्ण, भ्रांतिपूर्ण, भ्रान्त, मिथ्या, अयथार्थ; ∼**ly** *adv* ग़लती से, भूल से, भ्रमवश, भ्रान्तिवश

error ऍरर *n* 1 ग़लती, भूल-चूक [to make, commit, an ∼]; **Errors and omissions excepted** भूल-चूक लेनी देनी, 2 ग़लत विचार, ग़लत धारणा, भ्रम, भ्रांति, त्रुटि [∼ of judgement], 3

सदाचार-व्यतिक्रम, दोष, अपराध [to realize the ~ of one's ways]

ersatz अर्ज़ैट्स *n* & *a* नकली (चीज़)

erstwhile *a* & *adv* भूतपूर्व, पहला; *adv* (*arch*) पहले, अतीत में

eructation इरक्टेशन *n* **1** डकार, **2** (ज्वालामुखी का) आग या धूआं उगलना

erudite ऍरुडाइट *a* **1** (of person) पंडित, महापंडित, विद्वान्, प्राज्ञ, मनीषी, ज्ञानी, **2** (of writings) पांडित्यपूर्ण, विद्वत्तापूर्ण

erudition ऍरुडिशन *n* पांडित्य, विद्वत्ता

erupt इरप्ट *vi* **1** (ज्वालामुखी का) फटना, फट पड़ना; पत्थर या लावा उगलना, **2** (of geyser) चश्मे से पानी फूट पड़ना, (of rash, tooth) निकल आना

eruption इरप्शन *n* **1**=prec 1, विस्फोट, 2 (of geyser, disease, war, passion, etc) (चश्मे का) फूट पड़ना, बह निकलना; (रोग का) फूटना, फूट पड़ना, (युद्ध, क्रोध का) छिड़ जाना, भड़क उठना, **2** (फोड़े-फुंसियों, दान्तों का) निकलना, निकल आना, उद्भेदन

eruptive इरप्टिव *a* **1** फूट निकलने वाला, उद्गारी, **2** ज्वालामुखी के फटने से बनने वाला या फटने से ऊपर आ जाने वाला

erythema ऍरिथीमः *n* चकत्ते (पड़ना), त्वक्रक्तिमा

escalade ऍस्कलेड *n* सीढ़ी लगा कर दीवार पर चढ़ना, दीवार फांदना

escalate ऍस्कलेट *vt* & *i* धीरे-धीरे बढ़ाना या फैलाना या तीव्र करना [to ~ tension, war, etc]; *vi* बढ़ना, तीव्र होना

escalation ऍस्कलेशन *n* बढ़ना, वृद्धि [~ of prices]; फैलना या तीव्र होना, तेज़ी आना [~ of war, etc]

escalator ऍस्क-लेटर *n* (स्टेशनों पर या बहु-तल्ला दुकानों में लोगों को ऊपर-नीचे ले जाने वाली) चलती-सीढ़ी, चलसोपान

escapade ऍस्कपेड *n* **1** (बन्धन या कैद से) भाग निकलना, पलायन, फ़रारी, **2** मर्यादा अथवा समाज के बन्धनों की अवहेलना करते हुए मनमाना आचरण करना, मनमौजीपन, मनमानी

escape^1 इस्केप *n* **1** बचना, बच निकलना, बचाव, **to have a narrow** *or* **hairbreadth ~** बाल-बाल बचना, **2** भाग निकलना, पलायन; to make one's ~ भाग निकलना, **to make good one's ~** भागने में सफल हो जाना, **3** (ज़िम्मेवारी या करार से) छुटकारा, मुक्ति [~ **clause**], **4 ~ velocity** (*phys*, *rocketry*) गुरुत्वाकर्षण से बच निकलने के लिए आवश्यक न्यूनतम गति, पलायन वेग

escape^2 *vi* & *t* **1** भाग निकलना [to ~ **from** prison], **2** (of fluids) निकलना, **3** *vt* (दण्ड, निन्दा, मृत्यु आदि से) बचना [to ~ punishment, censure, death, etc], **4** अचानक मुंह से निकल जाना [A curse ~d him, his lips], **5** स्मरण न रहना, ध्यान न रहना, ध्यान में न आना [His name ~s me]

escapement *n* **1** घड़ी का पुर्ज़ा-विशेष, **2** *arch* निकलने का रास्ता, निकास

escapism इस्केपिज़्म *n* अप्रिय स्थिति से बचने या उसे भुलाने की प्रवृत्ति; पलायनवाद, निवृत्तिमार्ग, निवृत्तिप्रियता; **escapist** *a* पलायनवादी, निवृत्तिमार्गी, निवृत्तिप्रिय

escarp इस्कार्प *n* & *vt* प्राचीर या परकोटे के बाहर की ढालुआं भूमि, (खाई आदि की) ढाल, ढलान; *vt* ढाल बनाना

escarpment *n* (*geog*) (चट्टान का) खड़ा कटाव, कगार

escheat^1 इस्चीट *n* **1** *hist* (मालिक के लावारिस और बिना वसीयत मरने पर) संपत्ति का राजगामी होना, राजसात्करण, **2** राजगामी संपत्ति

escheat^2 *vt* & *i* (see prec) **1** ज़ब्त करना, कुर्क करना, कुर्क करके दूसरे को दे देना, **2** राजसात् करना या होना

eschew इस्चू *vt* **1** (किसी बात या काम या खाद्य-पेय आदि से) बचना, अलग रहना, दूर रहना, परहेज़ करना [to ~ politics, rashness, intoxicants, etc]

escort^1 इस्कॉर्ट *n* **1** (सामान या व्यक्तियों के साथ जाने वाला) सशस्त्र रक्षक(-दल), अनुरक्षक(-दल), पहरा, **2** अनुरक्षक जहाज़ या विमान आदि, **3** मार्गदर्शन या शिष्टाचार के निमित्त साथ रहने वाला (रहने वाले) व्यक्ति, सहचारी(-गण), **4 under escort** संरक्षण में, पहरे के साथ

escort^2 *vt* रक्षार्थ साथ जाना, मार्गदर्शन या शिष्टाचार के निमित्त साथ जाना, (कैदी, सामान आदि) अपने संरक्षण में ले जाना

escritoire ऍस्क्रिट्वार *n* (दराज-वाला) लिखने का डेस्क

esculent ऍस्क्यूलंट *a* & *n* खाद्य (पदार्थ), भक्ष्य (पदार्थ)

escutcheon इस्कचन *n* **1** कुलचिह्नांकित ढाल, **a blot on one's escutcheon** किसी के नाम पर धब्बा, किसी के लिए कलंक का टीका, **2** जहाज़ के पश्चभाग का मध्य (जहां उसका नाम अंकित होता है), **3** ताले के चाबी-छिद्र का ढक्कन

Eskimo *n* (*pl* ~s or same) ग्रीनलैंड, उत्तरी कैनेडा, उत्तरी साइबेरिया आदि का मूल-निवासी; इनकी भाषा; इस्कीमो

esoteric ऍस-टॅरिक *a* **1** (of *philos* doctrines) दीक्षित व्यक्तियों को ही बताने योग्य, अपने संप्रदाय या वर्ग के परम विश्वसनीय व्यक्तियों या अंतरङ्ग सदस्यों को ही बताने योग्य; दुर्बोध, गुह्य, गूढ़, गोपनीय, रहस्यमय [the ~ doctrines of the Upanishads] [f. *Gk*. esotero एसोतरो=Skt अन्तस्तर, *compar* of eso=अन्तर्]

espalier इस्पैलिअर *n* जाफ़री (पर चढ़ाया हुआ पेड़ या लता)

esparto ऍस्पार्टो *n* (=esparto grass) काग़ज़ बनाने के काम आने वाली घास (जो स्पेन में होती है)

especial इस्पॅशल *a* 1 प्रमुख, प्रधान, श्रेष्ठ, परम [my ~ friend], 2 विशेषतः किसी एक व्यक्ति का, अनन्य; for your ~ benefit ख़ास कर आपके फ़ायदे के लिये; **~ly** *adv* मुख्यतः, मुख्यतया, प्रधानतः, प्राधान्यतः, विशेषतः, ख़ास कर, ख़ास तौर पर

Esperantist *n* (see foll) एस्परान्तो भाषा जानने वाला

Esperanto ऍस्परैन्टो *n* यूरोप की मुख्य भाषाओं के समान शब्दों को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय प्रयोग के लिए 1887 में गढ़ी गई भाषा, एस्परान्तो

espial इस्पाइअल *n* (f. espy) किसी पर दूर से दृष्टि रखना, जासूसी, गुप्तचर का काम

espionage F ऍस्पिअनाश्ज़ *n* 1 जासूसी, गुप्तचर का काम, गुप्तचर्या, गुप्तचरवृत्ति, 2 दूसरों से जासूसी करवाना, गुप्तचरों का प्रयोग करना

esplanade ऍस्प्लनेड *n* 1 समतल भूमि, मैदान (जहां प्रायः लोग सैर को आते हों), 2 नगर और किले के बीच की सपाट भूमि

espousal इस्पाउज़ल *n* 1 *arch* सगाई, विवाह, 2 (*fig*) **~ of a cause** कोई काम अपने ऊपर लेना, अपनाना, अंगीकार, समर्थन, पक्षग्रहण

espouse इस्पाउज़ *vt* 1 (usu of man) विवाह करना, 2 (*fig*) (मत, सिद्धान्त आदि) अपनाना, स्वीकार करना, अंगीकार करना, ग्रहण करना, (कोई काम) अपने ऊपर लेना, (पक्ष का) समर्थन करना

esprit ऍस्प्री *n* हाज़िरजवाबी, वाग्विदग्धता; **~ de corps** (एस्प्री द कॉर) वर्ग के व्यक्तियों में समान-हित और एकता की भावना, भ्रातृभाव, दल की भावना, संघभाव

espy इस्पाइ *vt* (espied) (दूर से) झलक पाना, देख पाना, 2 (त्रुटि, नुक्स आदि) पकड़ना, पता लगाना, ढूंढ निकालना

Esquimau=Eskimo

esquire इस्क्वाइअर *n* कुलीन या विद्वान् या प्रतिष्ठित व्यक्ति के नाम के बाद लगने वाली उपाधि (*abbr* Esq.), श्री, श्रीमान्

essay^{1} ऍसे *n* 1 प्रयत्न, प्रयास, उपक्रम, कोशिश, 2 निबन्ध, खोजपूर्ण लेख

essay^{2} *vt* 1 प्रयत्न करना [to ~ a task; to **~ to do** sth], 2 *arch* (व्यक्ति, वस्तु की) परीक्षा करना, परख करना

essayist ऍसे-इस्ट *n* निबन्ध-लेखक, निबन्धकार

essence ऍसन्स *n* 1 (भौतिक) तत्त्व, वस्तु-तत्त्व, 2 सार, सारांश, निष्कर्ष [the ~ of the matter], 3 (पदार्थ आदि का) आवश्यक तत्त्व, आवश्यक गुण, आवश्यक शर्त; **of the ~** अत्यावश्यक, अनिवार्य, 4 अर्क, सत, 5 इत्र, गंध

essential इसेॅन्शल *a & n* 1 सारभूत, तात्त्विक, 2 अनिवार्य, आवश्यक, अत्यावश्यक, लाज़मी [~ services; peace is **~ to** progress], 3 ~ oil (उड़नशील) सगन्ध तेल, गन्धतेल; *n* (esp in *pl*) अनिवार्य या आवश्यक तत्व या चीज़, तात्त्विक अंश, बुनियादी या मौलिक तत्त्व [**the ~s of English Grammar**]; **~ity** इसेॅन्शियैलिटि *n* 1 आवश्यक गुण या तत्त्व, 2 आवश्यकता, अनिवार्यता; **~ly** *adv* 1 वस्तुतः, तत्त्वतः, 2 मुख्यतः, प्रधानतः

establish इस्टैब्लिश *vt* 1 स्थापित करना, स्थापना करना, कायम करना, नींव डालना, प्रवर्तन करना [to ~ a government, an agency, a (house of) business, a system, an institution, etc], 2 to ~ s.o., oneself, **in** business etc (किसी को) स्थायी रूप से व्यापार में लगाना या (स्वयं) लगना, 3 to ~ oneself डट जाना, पैर जमाना, to ~ oneself in the forest etc जंगल में डेरा डालना, 4 to ~ a custom रिवाज या प्रथा डालना, to ~ a doctrine, belief, etc सिद्धान्त प्रतिपादित करना, मत प्रवर्तित करना, 5 to ~ a precedent मिसाल कायम करना, 6 निर्विवाद रूप से सिद्ध या प्रमाणित करना [to ~ a fact, one's right, etc]

establishment *n* 1 स्थापना, संस्थापन, संस्थापना, प्रवर्तन, 2 संस्थान, प्रतिष्ठान (*e.g.* कार्यालय, कंपनी, फ़र्म आदि), 3 (संस्था आदि का) कर्मचारी-वर्ग, 4 घर-गृहस्थी, घरेलू नौकर-चाकर आदि [He keeps a large ~], 5 **peace ~** शांतिकालीन सेना आदि, **war ~** युद्धकालीन सेना आदि

estate इस्टेट *n* 1 (भूमि, खेत, मकान आदि) संपत्ति, जायदाद, संपदा; **real ~** भूसंपदा, जागीर; **personal ~** चल-संपत्ति; **industrial ~** औद्योगिक संपदा; औद्योगिक बस्ती, 2 चाय, रबर आदि के विशाल खेत, बागान [tea, rubber, etc ~], 3 (शासन-) सत्ताधारी वर्ग, 4 **the third ~** जनसाधारण, (विशेषतः) फ्रांस में 1789 की क्रांति से पूर्व का मध्यम वर्ग, 5 **the fourth ~** (*joc*) (राजनीति को प्रभावित करने वाली शक्ति के रूप में) समाचारपत्र, पत्र-जगत्, 6 *comb*: **~ agent** ज़मीन-मकान खरीदने-बेचने का दलाल, भू-संपदा दलाल, **~ duty** (मालिक की मृत्यु के बाद लगने वाला) संपदा-शुल्क

esteem इस्टीम *vt & n* 1 आदर करना, सम्मान करना, (किसी के बारे में) अच्छी राय होना, 2 ख़्याल करना, समझना, मानना, I shall ~ it (as) a favour मैं इसे (आपकी) बड़ी कृपा मानूंगा; *n* मान, आदर, सम्मान, **to hold s.o. in high ~** किसी का बड़ा मान करना; **to rise, fall, in s.o.'s ~** (1) किसी का सम्मानपात्र बनना, (2) किसी की नज़रों में गिरना

esthete etc=aesthete etc

estimable ऍस्टिम-बल *a* (f. esteem) आदरणीय,

माननीय, मान्य

estimate^1 ऐंस्टि-मिट *n* 1 (संख्या, परिणाम, मूल्य, लागत आदि का) अनुमान, अन्दाजा, तख़मीना, कूत, आंक, प्राक्कलन; **on, at, a rough** ~ मोटे अन्दाज़े से, 2 **the Estimates** (सरकारी) आय-व्यय का अनुमान, **Estimates Committee** आय-व्यय का अनुमान लगाने वाली समिति, अनुमान-समिति, प्राक्कलन समिति

estimate ऍस्टिमेट *vt* अनुमान या अन्दाज़ा या तख़मीना लगाना, कूतना, आंकना, प्राक्कलन करना; Their number is ~d **at** 300 उनकी अनुमानित संख्या 300 है; ~**d** *a* अनुमानित, अनुमित, प्राक्कलित

estimation ऍस्टिमेशन *n* 1 अनुमान लगाना, प्राक्कलन, 2 (किसी की योग्यता, गुणों आदि के बारे में) राय, विचार, मत; in my ~ मेरे विचार से, मेरी राय में, 3 *arch*= esteem

estop इस्टॉप *vt* (-pp-) (see foll) बाधित करना, रोकना [to ~ s.o. **from** (**doing**) sth]

estoppel इस्टॉपल *n* (*law*) अपनी ही पहली कार्यवाही के कारण (कोई) काम करने से रोका जाना या बाधित होना, विबन्ध

estrange इस्ट्रेन्ज *vt* 1 किसी की ओर से किसी का जी फेर देना [**to** ~ **s.o. from s.o.**], 2 बिगाड़ या वैमनस्य पैदा करना [to ~ friends], 3 विमुख करना, विरक्त करना, अपरक्त करना [to ~ the people **from** the rulers], 4 (in *pass*) to be ~d मन में स्नेह या मित्रता या आदर का भाव न रहना, मन से उतरना; **estrangement** *n* जी फिरना, बिगाड़, वैमनस्य, मनमुटाव, अपराग, अलगाव, परायापन

estuarine ऍस्टयुअरिन *a* (f. **foll**) ज्वारमुहाने पर बनने वाला, मुहाने का, ज्वारनदमुखी

estuary ऍस्टयुअरि *n* नदीमुख (का वह भाग जहां तक ज्वार पहुंचती हो), नदीधारा और ज्वार का संगमस्थल, ज्वारमुहाना, ज्वारनदमुख

esurient इस्युअ-रिअन्ट *a* (*joc*) 1 भूखा, 2 गरीब और लालची

et cetera, etcetera ऍट्-, इट्-सेटर: *L phr* & *n* 1 *phr* इत्यादि, वगैरह; 2 *n* ऐसी अन्य चीजें, फुटकर चीज़ें, दूसरी छोटी मोटी चीजें

etch ऍच *vt* & *i* तेजाब आदि से धातु की प्लेट को उत्कीर्ण करके चित्र आदि बनाना (वि० उत्कीर्ण प्लेट से प्रतिलिपियां छापने के लिए), उत्कीर्ण करना, निक्षारित करना; *fig* to ~ **on** पर अङ्कित करना; ~**ing** *n* निक्षारण

eternal इटर्नल *a* 1 जो सदा रहा है और सदा रहेगा, अनादि और अनन्त, सनातन, नित्य, शाश्वत [~ **life**], सदा रहने वाला, 2 **the E**~ ईश्वर, सनातन पुरुष, 3 **the E**~ **City** रोम (का उपनाम), 4 *colloq* सतत, अविरत, अविराम, निरन्तर, बार-बार होने वाला, नित्य प्रति का [these ~ bickerings], 5 **the** ~ **triangle** दो स्त्रियां और एक पुरुष, दो पुरुष और एक स्त्री; इन के प्रेम से उत्पन्न होने वाली-समस्या; ~**ly** *adv* सदा, हमेशा

eternity इटर्निटि *n* 1 नित्यता, शाश्वतता, 2 बहुत लम्बा समय, अनन्त काल [It seemed an ~ before the doctor arrived], 3 भावी जीवन, 4 (in *pl*) **the eternities** शाश्वत सत्य

Etesian इटीश्ज़न *a*; ~ **winds** भूमध्यसागर में गर्मियों में कोई चालीस दिन तक उत्तर से आने वाली हवाएं, उत्तरी हवाएं

ether ईथर *n* 1 (मेघों से ऊपर का) आकाश, निर्मल आकाश, गगन, व्योम, 2 अन्तरिक्ष, 3 (*chem*) बेहोशी लाने वाला वर्णहीन रसायन-विशेष, ईथर

ethereal -ial इथियरियल *a* 1 हवा-जैसा, आकाशीय, 2 हल्का, सूक्ष्म, सुकुमार, तनु, नाजुक, 3 दिव्य, स्वर्गीय, अलौकिक [~ love]

etherize ईथराइज *vt* (रोगी को बेहोश करने के लिए) ईथर सुंघाना

ethic ऍथिक *a* (f. ethos) & *n* 1 नीतिसम्मत, नैतिक, मर्यादा के अनुरूप, 2 नीतिविषयक, सदाचार-विषयक; *n* सदाचार के नियम; ~**al** *a*=ethic *a* 1 & 2; ~**al code** नीतिसंहिता

ethics *n pl* 1 (treated as *sing*) नीतिशास्त्र, सदाचार के नियम, आचारशास्त्र [Ethics is a branch of philosophy], 2 नीतिसम्मतता, नैतिकता [The ~ of his decision are doubtful]

ethnic(al) ऍथ्निक(ल) *a* 1 जाति का, नस्ल का, जाति-संबंधी, मानव-जातीय, नृजातीय, 2 मानव-जाति-विज्ञान संबंधी, नृजाति; ~**ally** *adv* (मानव) जाति या नस्ल की दृष्टि से

ethnographic ऍथ्नग्रैफ़िक *a* (see foll) मानव-जातिविज्ञान-संबंधी

ethnography ऍथनॉग्रफ़ि *n* मनुष्यों की विभिन्न जातियों का वैज्ञानिक वर्णन, नृजातिवर्णन

ethnology ऍथ्नॉलजि *n* मनुष्यों की विभिन्न जातियों की विशेषताओं तथा उनके परस्पर संबंधों का वैज्ञानिक वर्णन, मानवजातिविज्ञान, नृजातिविज्ञान

ethology ईथॉलजि *n* (f. ethos) (स्वाभाविक परिवेश में) प्राणियों के आचरण का विज्ञान; आचारशास्त्र

ethos ईथॉस *n* ऐसा आचार-विचार जिसे कोई राष्ट्र या समाज या संगठन अपने लिए ठीक समझता हो, आचार, सदाचार, लोकाचार, मर्यादा; (जाति का) स्वभाव या प्रकृति या स्वाभाविक प्रवृत्ति

etiolate ईटिअलेट *vt* 1 प्रकाश से वंचित कर के (पौधे को) पीला कर देना, पांडुरित करना, 2 (व्यक्ति का) बीमारों जैसा रंग कर देना; **etiolation** *n* (पौधे या व्यक्ति की) पाण्डुरता, पीलापन

etiology= **aetiology**

etiquette ऍटिकेट *n* शिष्टाचार, (समाज या सभा

या वर्ग-विशेष की) मर्यादा, चलन

etymological ऍटिम-लों`जिकल *a* 1 व्युत्पत्ति का, व्युत्पत्ति-संबंधी, 2 व्युत्पत्तिविज्ञान का; **etymologist** ऍटिमों`ल-जिस्ट *n* व्युत्पत्तिविद्, निरुक्तकार; **etymologize** ऍटि-मों`ल-जाइज़ *vt* & *i* (see foll) 1 व्युत्पत्ति करना, 2 व्युत्पत्तिविज्ञान का अध्ययन करना

etymology ऍटिमों`लजि *n* 1 शब्दों की उत्पत्ति, रचना तथा अर्थ का निर्धारण; व्युत्पत्ति, निरुक्ति, निर्वचन, 2 व्युत्पत्ति-विज्ञान, व्युत्पत्तिशास्त्र

N.B. eu Gk *adv* meaning 'well, happily, rightly' used as a prefix (=Skt. सु) in some of the following words.

Eucalyptus यूकलिप्टस *n* एक बहुत ऊंचा वृक्ष जिसकी कलियों आदि से सुगंधित तेल निकलता है, सफ़ेदा, गन्ध सफ़ेदा, ~ oil सफ़ेदे का तेल (जो रोगाणु-नाशक है), नीलगिरी तेल

Eucharist यूकरिस्ट *n* 1 ईसाई संस्कार जिसमें रोटी और मदिरा को अभिमन्त्रित करके खाया जाता है, यूखरिस्त, 2 अभिमन्त्रित रोटी, परम प्रसाद [to give, receive, ~]

Euclid यूक्लिड *n* ग्रीक ज्यामितिज्ञ [C. 300 B.C.]

eugenic यूजे`निक *a* सुजननविज्ञान संबंधी, **eugenics** यूज`निक्स *n* सुन्दर एवं स्वस्थ संतान पैदा करने का विज्ञान, सुजनन-विज्ञान, सुजननिकी; **eugenist** यूजिनिस्ट *n* सुजनन-विज्ञान का अध्ययन करने वाला; सुजननशास्त्री

eulogize यूल-जाइज़ *vt* प्रशंसा करना, स्तुति करना, गुणगान करना, प्रशस्ति लिखना; **eulogist** *n* स्तुति करने वाला, प्रशस्तिकार

eulogy यूल-जि *n* प्रशंसा, स्तुति, गुणगान, प्रशस्ति

eunuch यूनक *n* खसिया पुरुष (वि० रनवास में काम करने वाला); नपुंसक, हिजड़ा, षंढ

eupeptic यूपें`प्टिक *a* 1 अच्छी पाचन-शक्ति वाला; 2 सुपाचक

euphemism यूफ़िमिज़्म *n* कटु या चुभने वाले शब्द के स्थान पर नरम या गोलमोल शब्द का प्रयोग, कटु सत्य को शिष्ट शब्दों में कहना, शिष्टवचन, शिष्टोक्ति; *e.g.* 'to pass away' is a ~ for 'to die'

euphemist *n* शिष्ट शब्द का प्रयोग करने वाला, शिष्टभाषी; ~**ic** *a* शिष्टोक्तिपरक, **euphemize** *vt* आपत्तिजनक नाम के स्थान पर अच्छा नाम देना

euphony यूफ़नि *n* 1 मधुर ध्वनि, 2 मधुर या कर्णप्रिय शब्द; (cf. cacophony); सुश्रव्यता; **euphonic** *a* कर्णमधुर, श्रुतिमधुर, सुश्रव्य

euphoria यू-फ़ॉरियः *n* (मादक द्रव्य के प्रयोग से) असाधारण शारीरिक सुख की अनुभूति, सुखभ्रांति, उल्लासोन्माद

euphuism यूफ़्युइज़्म *n* कृत्रिम शैली, शैली की कृत्रिमता, साहित्यिक रचना में यत्नपूर्वक अलंकार भरने की शैली, डंबर शैली [*N.B.* This word is often confused with euphemism, with which it has no relation]

Eurasian युअ-रेश्ज़न *a* & *n* यूरोप और एशिया का; *n* व्यक्ति जिसके माता-पिता में से एक यूरोपियन और दूसरा एशियाई हो, यूरेशियाई

Euratom युअ-रैटम *n* (*abbr* of European Atomic Energy Community, comprising France, Italy, West Germany and the Benelux) यूरोपीय अणु-ऊर्जा (उत्पादन एवं वितरण) संघ

European युअर-पीअन *a* & *n* यूरोप का (निवासी), यूरोप में पाया जाने वाला, यूरोपीय

euthanasia यूथनेज़ियः *n* कष्टरहित मृत्यु, सुखमृत्यु; पीड़ादायक एवं असाध्य रोग से ग्रस्त व्यक्ति का कष्टरहित प्राणान्त करना

evacuate इवैंक्युएट *vt* 1 (नगर, किले आदि को) ख़ाली करना, (सैनिकों, घायलों आदि को) निकाल ले जाना, निकाल लाना, हटा लेना; हटा देना, 2 (पेट, आमाशय को) ख़ाली करना, विरेचन करना, 3 मल-त्याग करना

evacuation इवैंक्युएशन *n* 1 निकाल ले जाने या निकाल लाने या निकल आने का काम; निकास, निष्क्रमण, 2 ख़ाली करना, रिक्तीकरण, 3 मलत्याग, शौच

evacuee इवैंक्युई *n* निकल कर गया हुआ व्यक्ति, निष्क्रान्त, ~ property निष्क्रान्त व्यक्तियों की संपत्ति, निष्क्रान्त-संपत्ति

evade इवेड *vt* 1 (आक्रमण, वार, दण्ड, पीछा करने वालों आदि से) बचना, बच निकलना [to ~ the attack, blow, punishment, pursuit, etc], 2 (काम से) कतराना, जी चुराना, पालन न करना [to ~ duty, compliance], to ~ paying taxes टैक्स अदा न करना, 3 टालना, टालमटोल करना [to ~ the question, issue], बहाना करना, 4 (क़ानून को) पकड़ से बचना, क़ानून का शब्दशः पालन करते हुए भी उसके अभिप्राय की उपेक्षा कर जाना [to ~ the law], 5 (of thg) (बात का) समझ में न आना

evaluate इवैंल्युएट *vt* 1 मूल्यनिर्धारण करना, मूल्यांकन करना, कीमत लगाना, 2 *math* मान निकालना, 3 (*fig*) महत्व या उपयोगिता निर्धारित, करना; **evaluation** *n* मूल्यांकन

evanescence ईव-नें`सन्स *n* नश्वरता, क्षणभंगुरता; **evanescent** *a* शीघ्र नष्ट या लुप्त होने वाला, अचिरस्थायी, क्षणस्थायी, क्षणभंगुर, नश्वर, क्षणिक

evangel इवैन्जल *n* (*arch*) 1 ईसा के उपदेश, ईसा के चार शिष्यों के उपदेश, धार्मिक सिद्धान्त, 2 (राजनीति आदि का) सिद्धान्त; ~**ic** *a* (*arch*) = foll.

evangelical इवैन्जे`लिकल *a* ईसा के उपदेश या सुसमाचार (see gospel) के अनुकूल, ईसाई धर्म का, ईसाई धर्म के अनुकूल, इंजीली

evangelist इवैन्जलिस्ट *n* 1 ईसाई धर्म के चार

प्रमुख प्रचारकों (Matthew, Mark, Luke & John) में से एक, 2 ईसाई धर्मप्रचारक; ~**ic** *a* ईसाई-धर्म प्रचारकों का

evangelize *vt* 1 (किसी को) ईसाई धर्म का उपदेश देना, 2 *abs* ईसाई धर्म का प्रचार करना, 3 (किसी को) ईसाई बनाना

evaporate इवैपरेट *vt* & *i* 1 भाप बनाना या बनना, (भाप बन कर) उड़ जाना, वाष्पित करना या होना, 2 (पानी या द्रव अंश या नमी) सुखाना या सूखना, 3 (*fig*) चंपत होना, अदृश्य हो जाना; **evaporation** *n* वाष्पन, वाष्पीकरण

evasion इवेश्ज़न *n* (f. evade) 1 बचना, टालना, 2 बचने का उपाय या साधन, 3 (बचने के लिये) बहाना, टालमटोल, हीला, हीला-हवाला, अपवंचन, 4 ~ of tax, कर अदा न करना

evasive इवेसिव *a* 1 टालने वाला, टाल-मटोल का [~ answer], गोल मोल, अस्पष्ट, अपवंचनात्मक, 2 बचने का [to take ~ action]; ~**ness** *n* टालमटोल, अपवचन, अपवंचकत्व [The evasiveness of his answers is very irritating]

Eve^1 ईव *n* आदम की पत्नी; हौवा; daughter of ~ स्त्री, नारी, औरत

eve^2 *n* 1 (उत्सव या किसी महत्वपूर्ण घटना से) पहले का दिन, पहले की शाम, पूर्व दिवस, पूर्वसन्ध्या, on Christmas Eve क्रिसमस की पूर्वसन्ध्या को, 24 दिसम्बर को, 2 किसी घटना से पहले का समय या दिन, on the eve of the battle युद्ध से पूर्व (अर्थात् ठीक पहले, कुछ समय या कुछ दिन पूर्व)

even^1 ईवन *n* (*poetic*) सायंकाल, संध्या, शाम, **eventide** सायंकाल

even^2 *a* (-er, -est) 1 सम, समतल, सपाट, हमवार, 2 एक-सा, एक-रस, 3 बराबर, सन्तुलित, ~**-handed** पक्षपातरहित, निष्पक्ष [In this dispute, the mediator has to be ~-handed], ~-handed justice निष्पक्ष न्याय, पक्षपातरहित न्याय, सबके साथ एक-सा न्याय, 4 (*law, commerc*) उसी तारीख़ का [your letter of ~ date], **5 even temper** शान्त स्वभाव, 6 (of numbers) दो से विभाज्य, युग्म, जुफ़्त, 7 (*sport*) **to be ~** बराबर होना, स्कोर बराबर करना, **8 to be** *or* **get even with s.o.** किसी से बदला लेना, वैर निकालना, जैसे के साथ तैसा करना; ~**ness** *n* 1 समतलता, 2 एकरसता, ~**ness of temper** शान्तस्वभाव

even^3 *adv* भी, ही, तक, 1 (*where a contrast of two statements is implied*) I never even opened the letter (much less read it) (पढ़ना तो दूर रहा) मैं ने पत्र खोला तक नहीं, Even children know this (बड़ों का तो कहना ही क्या) यह तो बच्चे भी जानते हैं, 2 (*with comparative*) और भी; That would be even worse वह तो और भी बुरा होगा, **3 even if, even though** यदि...तो भी; Even if he fails, he will get a job यदि वह फ़ेल भी हो जाये, उसे नौकरी मिल जायेगी, **4 even so** तो भी, फिर भी, ऐसा होने पर भी

even^4 *vt* 1 समतल करना, हमवार करना [to ~ a surface]

evening ईव्निङ्ग *n* 1 संध्या, सायंकाल, शाम, 2 सायंकालीन मनोरंजन या समारोह, musical ~ संध्याकालीन संगीतसमारोह, सान्ध्य संगीत, cultural ~ संध्याकालीन सांस्कृतिक समारोह, 3 *fig* जीवनसंध्या, **4 ~ star** सान्ध्य तारा, सूर्यास्त के बाद पश्चिम दिशा में दिखाई देने वाला कोई भी चमकीला तारा (वि० वृहस्पति, वुध, शुक्र आदि); **the ~ star**=Venus शुक्र ग्रह

event इवेॅन्ट *n* 1 किसी वात या घटना का होना या घटित होना, **in the event of** his death, survival उसकी मृत्यु होने पर, यदि उसकी मृत्यु हो जाये; उसके वच जाने पर, यदि वह वच जाये, 2 (महत्त्वपूर्ण) घटना, वारदात, quite an ~ ख़ासी वड़ी घटना, 3 *sport* मुकाबला, प्रतियोगिता, 4 परिणाम, नतीजा, फल, 5 हालत, दशा, सूरत, **in any ~, at all ~s** चाहे कुछ भी हो, हर हालत में, हर सूरत में, **in either ~** दोनों में से चाहे कोई बात भी हो

eventful *a* (of story, life) घटनापूर्ण, महत्त्वपूर्ण घटनाओं से भरा हुआ, रंगविरंगा, दिलचस्प, ~ day महत्त्वपूर्ण दिन, ऐतिहासिक दिन; **eventless** *a* घटनाशून्य

eventual इवेॅन्चुअल *a* जो विशेष परिस्थितियों में घटित होगा, अन्ततोगत्वा घटित होने वाला, परिणामस्वरूप घटित होने वाला, परिणामी [his prodigality and his eventual ruin]; ~**ly** अन्ततोगत्वा

eventuality इवेॅन्चुऐलिटि *n* घटना, संभाव्य घटना, दशा, हालत, सूरत, स्थिति

eventuate इवेॅन्चुएट *vi* घटित होंना, फलित होना, फल होना, कार्यरूप में परिणत होना [His plans won't ~], **to ~ well, ill** अच्छा, बुरा, फल होना

ever ऍवर *adv* 1 सदा, सदैव, सर्वदा, नित्य, हर समय, हमेशा, **for ever** सदा के लिए [Gone for ~], 2 कभी, कदापि [Did you ~ see such a thing?], 3 (*for emphasis*) What ever [*or* whatever] he may say वह चाहे कुछ भी कहे, वह कुछ ही क्यों न कहे, 5 Thank you ~ so much अनेक धन्यवाद, शतशः धन्यवाद

Everest ऍवरिस्ट *n* उपलब्धि या सिद्धि की पराकाष्ठा [f. Mt. ~, world's highest mountain]

evergreen *a* & *n* 1 सदा हरा रहने वाला (पेड़ या पौधा) [The pine is an ~], सदाहरित, सदा-

बहार, 2 *fig* हर दम ताज़ा, सदा चर्चा का विषय [~ topic]

everlasting *a* & *n* 1 सदा रहने वाला, अनन्त, शाश्वत, सतत, नित्य, अमर, चिरस्थायी [~ fame], 2 बार-बार होने वाला [~ complaints]; *n* अनन्त काल, आदि काल

every ऍव्रि *a* प्रत्येक, हर एक, हर, प्रति, एक-एक, every day हर रोज, प्रतिदिन, ~ **other day** हर तीसरे दिन; ~ **three days,** ~ **third day** हर चौथे दिन; ~ **now and then,** ~ **now and again** थोड़ी-थोड़ी देर बाद, घड़ी-घड़ी, बार-बार, बीच बीच में; **everybody** *pr*=everyone; **everyday** *a* नित्य प्रति का, प्रतिदिन का, हर रोज का, दैनिक [~ occurrence, life, clothes], 2 साधारण, सामान्य; **everyone** *pr* प्रत्येक व्यक्ति, हर आदमी; **everything** *pr* हर एक चीज़, सब कुछ, सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण वस्तु [Money is everything]; **everywhere** *adv* सर्वत्र, सब जगह, हर जगह [God is everywhere]

evict इविक्ट *vt* निकालना, बेदख़ल करना (वि० किरायेदार, पट्टेदार को)

eviction इविक्शन *n* बेदख़ली, निष्कासन

evidence^1 ऍविडन्स *n* & *vt* 1 स्पष्टता, **to be in evidence** स्पष्ट होना, (साफ़) दिखाई देना, The police was in evidence everywhere पुलिस सर्वत्र दिखाई देती थी, 2 संकेत, चिह्न, निशानी, 3 (*law*) साक्ष्य, गवाही, शहादत, बयान, प्रमाण, सबूत, to give ~ साक्ष्य या गवाही या शहादत देना, **to call s.o. in** ~ गवाही देने के लिए बुलाना; *vt* 1 संकेत करना या देना [His answers ~d a guilty conscience], 2 प्रमाणित करना

evident ऍविडन्ट *a* जो साफ दिखाई दे, स्पष्ट, सुव्यक्त, प्रत्यक्ष, साफ़, ज़ाहिर, उजागर; ~ly *adv* स्पष्टतः, स्पष्टतया, यह स्पष्ट है कि

evidential ऍविडें न्शल *a* साक्ष्यसंबंधी

evil ईवल *a* & *n* 1 बुरा, खराब, हानिकर, अशुभ, अमंगल, अनिष्ट, अनिष्टकर, **the E~ One** शैतान; house of ~ repute चकला, ~ **eye** बुरी नज़र, कुदृष्टि, ~ **days** बुरे दिन, दुर्भाग्य, to fall on ~ days बुरे दिन आना; *n* बुराई, ख़राबी; पाप; हानि, नुक्सान; मुसीबत, बला, लानत; **social evil** सामाजिक बुराई, **to speak** ~ **of s.o.** किसी की बुराई या निन्दा करना

evince इविन्स *vt* (भावना, गुण आदि) प्रदर्शित करना, दिखाना, व्यक्त करना, प्रकट करना, परिचय देना, प्रमाण देना [Kalidasa ~s a great fondness for the simile]

eviscerate इविसरेट *vt* 1 आंतें निकालना, 2 *fig* किसी चीज़ का सारभूत अंश निकाल लेना, प्राण या जान निकाल लेना या निकाल देना, काट-छांट करके (साहित्यिक रचना को) हल्का या घटिया बना देना

evocation ऍव-केशन *n* (I. roll) आह्वान, उद्बोधन, जगाना; **evocative** *a* उद्बोधनकारी, उद्बोधक

evoke इवोक *vt* 1 प्रेतात्मा या दिवंगत आत्मा को बुलाना, तलब करना, पुकारना, 2 (भावना, स्मृति को) उभारना, जागृत करना, जगाना, 3 (शक्ति, साहस, प्रतिक्रिया) पैदा करना [My request ~d a smile and no other response]

evolution ऍवलूशन *n* (f. evolve) 1 (*biol*) (जातियों, प्राणियों, वनस्पतियों का) विकास, **theory of** ~ विकासवाद, यह सिद्धान्त कि प्राणियों की विभिन्न जातियां या उपजातियां अलग-अलग पैदा नहीं हुईं, बल्कि एक ही जाति से क्रमशः विकास द्वारा अनेकानेक जातियां बनी हैं, 2 ~ of events घटनाओं का क्रमिक विकास या एक-एक करके सामने आना, 3 ~ of a theory, argument, etc. सिद्धान्त का गढ़ना या प्रतिपादन करना, दलील को क्रमशः प्रस्तुत करना, दलील का विस्तार करना, 5 सेना या जहाज़ों के विन्यास में परिवर्तन, गति-विधि

evolutionism *n* विकासवाद, विकास का सिद्धान्त (see prec); **evolutionist** *n* विकासवादी

evolve इवॉल्व *vt* & *i* 1 (योजना, विधि, पद्धति आदि) बनाना, रचना, विकसित करना [to ~ a plan, method, system, etc], 2 गढ़ना, खोज निकालना, (सिद्धान्त का) प्रतिपादन करना [to ~ a theory], 3 (प्राणियों, वनस्पतियों, जातियों का) विकास होना, विकसित होना, पनपना, 4 (*chem*) (गर्मी, प्रकाश, गैस आदि) पैदा करना या होना, निकलना, 5 *vi* (of events) क्रम से प्रकट होना, एक-एक करके सामने आना

ewe यू *n* भेड़, **one's ewe lamb** अपनी सब से प्यारी चीज़

ewer यूअर *n* घड़ा, (सोने के कमरे में रखने की) सुराही

ex^1 ऍक्स *prep* 1 में से, (of goods) ex store गोदाम से, ex ship जहाज़ से, 2 (of stocks or shares) बिना, ex dividend (अगले) लाभांश के बिना

ex^2-*pref* भूतपूर्व, ex-chancellor भूतपूर्व कुलपति; ex-serviceman भूतपूर्व सैनिक

exacerbate ऍक्सैसर्बेट *vt* 1 (पीड़ा, रोग, क्रोध आदि) बढ़ाना, उग्रतर करना, बिगाड़ना, रोग का प्रकोप बढ़ाना [to exacerbate pain, disease, anger, etc], 2 (व्यक्ति को) गुस्सा दिलाना, भड़काना, चिढ़ाना, खिझाना, उत्तेजित करना; **exacerbation** *n* 1 रोग आदि का उग्र होना, प्रकोप, 2 उत्तेजना

exact^1 इग्ज़ैक्ट *a* ठीक, बिल्कुल ठीक, सही, शुद्ध, यथातथ्य, **यथातथ**

exact^2 *vt* (टैक्स आदि) बलात् लेना या प्राप्त करना, जबरदस्ती वसूल करना या उगाहना [to ~ taxes from people], 2 सख़्ती बरतना, सख़्ती से काम लेना, 3 (बहुत सावधानी, परिश्रम आदि की)

अपेक्षा करना, मांगना, आवश्यक होना [This work ~s great care & attention], 4 (of circumstances) अविलम्ब मांग या अपेक्षा करना; **exacting** *a* 1 (of person) बलपूर्वक उगाहने या वसूल करने वाला, सख़्ती करने वाला, 2 (of work) कड़ा, कठिन, भारी, बहुत परिश्रम मांगने वाला, परिश्रमापेक्षी

exaction इग्ज़ैक्शन *n* 1 बलपूर्वक ग्रहण या वसूली, 2 बलपूर्वक ग्रहण की गई रकम, 3 अन्याय्य या अनुचित माँग, 4 भारी टैक्स या कर

exactitude इक्ज़ैक्टिट्यूड, **exactness** *nn* ठीक-ठीक होना, सही होना, याथातथ्य, यथार्थता

exactly *adv* 1 ठीक, बिल्कुल ठीक, यथातथ्य, यथार्थतः, 2 (as answer to an interlocutor) हाँ, बिल्कुल, ऐसा ही है

exaggerate इग्ज़ैजरेट *vt* 1 बढ़ा चढ़ा कर कहना, अत्युक्ति या अतिशयोक्ति करना, अतिरंजना करना, नमक-मिर्च लगाना, 2 बढ़ाना, अति करना, तूल देना; **~d** *a* 1 अत्युक्तिपूर्ण, अतिशयोक्तिपूर्ण, अतिरंजित, 2 बहुत अधिक, आवश्यकता से अधिक, to attach ~d importance to sth किसी बात को आवश्यकता से अधिक महत्त्व देना

exaggeration इग्ज़ैजरेशन *n* अत्युक्ति, अतिशयोक्ति, अतिरंजना

exalt इग्ज़ॉल्ट *vt* 1 ऊंचा करना, पद बढ़ाना, उन्नत करना, पदोन्नति करना, 2 प्रशंसा करना, **to ~ s.o. to the skies** किसी की बहुत प्रशंसा करना, किसी की तारीफ़ के पुल बांधना, 3 श्रेष्ठता प्रदान करना, प्रतिष्ठा बढ़ाना, गौरवान्वित करना [to ~ bribery to a system]

exaltation ऐग्ज़ॉल्टेशन *n* 1 पदोन्नति, पदवृद्धि, 2 गौरवान्वित होना, प्रतिष्ठा प्राप्त करना, 3 उल्लास, हर्षातिरेक

examination इग्ज़ैमिनेशन *n* 1 परीक्षा, इम्तहान, to sit **for** an ~ परीक्षा में बैठना, 2 जांच-पड़ताल, छान-बीन, तहकीकात, परीक्षण [~ **of accounts**], 3 (अभियुक्त आदि से) पूछ-ताछ [The accused is under ~], (गवाह का) बयान लेना, 4 cross-~ जिरह; post-mortem ~ शव-परीक्षा

examine इग्ज़ैमिन *vt & i* 1 (व्यक्ति की) परीक्षा लेना, इम्तहान लेना, 2 (अभियुक्त आदि से) पूछ-ताछ करना, 3 (हिसाब-किताब की) जाँच-पड़ताल करना [to ~ accounts], 4 (सामान, माल-असबाब की) पड़ताल करना [to ~ goods, baggage], 5 (सिद्धान्त, वाद, बयान, मामले आदि की) जांच-पड़ताल या छान-बीन करना, 6 *vi* to ~ **into** a matter मामले के बारे में पूछ-ताछ करना, मामले की तहक़ीकात करना; **~e** इग्ज़ैमिनी *n* परीक्षार्थी; **~r** इग्ज़ैमिनर *n* परीक्षक

example इग्ज़ाम्पल *n* 1 उदाहरण, दृष्टान्त, मिसाल; **for ~; by way of ~** उदाहरण के लिए, उदाहरणार्थ, मिसाल के तौर पर, जैसा कि, 2 (कला, चित्र आदि का) नमूना, 3 अनुकरणीय आचरण, मिसाल, नमूना, आदर्श, **to set a good~** अच्छी मिसाल कायम करना, अच्छा आदर्श या नमूना प्रस्तुत या पेश करना, to follow s.o.'s ~ किसी का अनुकरण करना, 4 जिससे दूसरों को चेतावनी मिले, **to make an ~ of** s.o. किसी को ऐसा दंड देना जिससे दूसरों को चेतावनी मिले

exanimate इग्ज़ैनिमिट *a* 1 मृत, निर्जीव, निष्प्राण, 2 निरुत्साह

exasperate इग्ज़ै-, इग्ज़ास्परेट *vt* 1 (वैमनस्य, रोग, पीड़ा) बढ़ाना, उग्रतर करना, 2 (व्यक्ति को) गुस्सा दिलाना, भड़काना, उत्तेजित करना, ~d **at, by,** his misbehaviour उसके दुराचरण से क्रुद्ध; **exasperation** *n* 1 (पीड़ा आदि का) बढ़ना, उग्रतर होना, 2 क्रोध, गुस्सा, रोष

excavate ऍक्स्कवेट *vt* 1 खोदना, खुदाई करना, 2 खोद कर निकालना; **excavation** ऍक्स्कवेशन *n* 1 खुदाई, खुदी हुई या खोदी हुई जगह; **excavator** ऍक्स्कवेटर *n* 1 खुदाई करने वाला, खनक, 2 खोदने का यन्त्र, खनित्र

exceed इक्सीड *vt* 1 बढ़ना, बढ़ जाना, अधिक होना [The outcome ~ed my expectations], 2 (अपने अधिकार या अपने को मिले आदेश से) बढ़ कर काम करना [to ~ one's powers, one's instructions], 3 (सीमा का) अतिक्रमण करना, (सीमा) पार कर जाना, (सीमा) लांघना [to ~ the limit], 4 (नियत मात्रा, संख्या आदि से) अधिक होना [to ~ **by** so much], 5 किसी से बाज़ी ले जाना, आगे निकल जाना, बढ़ जाना [to ~ s.o. **in** sth]; **~ingly** *adv* बहुत अधिक, अत्यन्त

excel इक्सेॅल *vt & i* (-ll-) 1 (दूसरों से) बाज़ी ले जाना, आगे निकल जाना, बढ़ जाना, बढ़िया होना, (दूसरों को) मात करना [to ~ others], 2 *vi* (किसी काम में) विशिष्ट होना, श्रेष्ठ होना, विशिष्टता प्राप्त करना; to excel **in, at,** sth, in some quality, **in doing** sth

excellence ऍक्सलन्स *n* श्रेष्ठता, उत्कृष्टता, प्रकर्ष, उत्कर्ष, उत्तमता, विशेषता, विशेष गुण, खूबी

excellency ऍक्सलन्सि *n* राजदूत, राज्यपाल आदि की उपाधि; परम श्रेष्ठ, महामहिम

excellent ऍक्सलन्ट *a* सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम, सर्वोत्कृष्ट, अत्युत्तम, उच्चकोटि का, बहुत अच्छा, बढ़िया, सुन्दर; **~ly** *adv* बहुत अच्छी तरह से, बढ़िया ढंग से

excelsior इक्सेॅल्सियर *int* और ऊंचा! और अच्छा! श्रेष्ठतर! [L. *compar* of excelsus= high, lofty]

except^{1} इक्सेॅप्ट *vt* गणना से अलग रखना, छोड़ना, शामिल न करना, Except him **from** the general pardon आम माफ़ी पाने वालों में उसे शामिल न करो; present company ~ed यहाँ उपस्थित लोगों को न शामिल करते हुए

except^{2}, excepting *prep* [*N.B.* 'excepting' is required only after *not*, *without*] के सिवाय, के अतिरिक्त, को छोड़ कर; *Examples*: He does nothing ~ eat and drink; Nobody heard it ~ me; We are all fallible, not excepting the Pope, 2 **except for**: The coat is ready except for the buttons, 3 **except that** (*conj phr*): I know nothing about his plans except that he intends buying a house in Delhi

exception इक्से॑प्शन *n* 1 छोड़ देना, अलग रखना, अलग या भिन्न प्रकार का होना, 2 जो बात साधारण नियम से भिन्न हो, अपवाद; **The ~ proves the rule** अपवाद नियम की विद्यमानता का प्रमाण है; **with the ~ of** के अतिरिक्त, के सिवाय, को छोड़ कर, 2 आपत्ति, एतराज़, **to take ~ to sth** (i) किसी बात पर आपत्ति करना, (ii) किसी बात से नाराज़ होना [He took ~ to what she said]; **exceptionable** इक्से॑प्शन्-बल *a* आपत्तिजनक

exceptional इक्से॑प्शनल *a* 1 अपवादरूप, अपवादात्मक, 2 असाधारण, विशिष्ट, ख़ास, ग़ैर-मामूली, बहुत अधिक [~ advantages]; **~ly** *adv* 1 अपवादस्वरूप, 2 विशेषत:, ख़ास कर, अत्यन्त; ~ly cheap बहुत सस्ता

excerpt¹ ऍक्सर्प्ट *n* (ग्रन्थ आदि का) उद्धरण, (लेख आदि का) अंश (जो अलग छापा जाये)

excerpt² इक्सर्प्ट *vt* (ग्रन्थ, लेख आदि से) अंश उद्धृत करना, उद्धरण देना [This passage has been ~ed **from** the Bible]

excess इक्से॑स *n* (f. exceed) 1 अधिकता, आधिक्य [~ of exports over imports]; ज़्यादती, बहुतायत, **in ~ of** से अधिक, 2 (खाने-पीने में) असंयम, अति, 3 नियत या उचित मात्रा से अधिक मात्रा, अतिरिक्त (मात्रा), फ़ालतू, **~ fare** अतिरिक्त किराया (नियत दूरी से अधिक या नियत दर्जे से ऊंचे दर्जे में यात्रा करने का किराया), **~ luggage** अतिरिक्त सामान; ~ profit tax अतिरिक्त लाभ कर (=युद्ध काल में होने वाले अधिक लाभ पर लगने वाला विशेष कर), 4 **in ~, to ~** उचित मात्रा से अधिक, 5 (in *pl*) अंधेर, ज़्यादती, अत्याचार, ज़ुल्म [to commit ~es]

excessive इक्से॑सिव *a* अत्यधिक, बेहद [~ charges], **~ly** अत्यन्त

exchange इक्स्चेंज *n* 1 एक चीज़ के बदले में दूसरी चीज़ का लेना या देना, अदला-बदली, आदान-प्रदान, विनिमय [~ of prisoners, views, etc], ~ of blows हाथापाई, ~ of words तू-तू मैं-मै, There were heavy ~s of fire दोनों तरफ़ से भारी गोलाबारी हुई. 2 मुद्रा का विनिमय (अर्थात् किसी मुद्रा के बदले में उसी या दूसरे देश की उतने ही मूल्य की मुद्रा लेना-देना), 3 विनिमय-व्यापार, 4 **foreign exchange** विदेशी मुद्रा, 5 **bill of ~** हुंडी, 6 **rate of ~** विदेशी हुंडी भुनाने की दर, विनिमय-दर, 7 **par of ~** सममूल्य विनिमय-दर, 8 (दलालों, व्यापारियों आदि के लेन-देन का) केन्द्र, विनिमय की मंडी, विनिमय-भवन, एक्सचेंज, 9 **telephone ~** टेलीफ़ोन-केन्द्र

exchange² *vt* 1 विनिमय करना, अदला-बदली करना, आदान-प्रदान करना, to ~ sth **for** sth किसी चीज़ के बदले में कोई चीज़ लेना या देना, 2 to ~ places (**with** s.o.) जगहें बदलना, **to ~ views** विचार-विनिमय करना, to ~ glances नज़रें मिलाना, नज़रें मिलना, 3 to ~ words तकरार करना, झगड़ना, **to ~ blows** एक-दूसरे पर प्रहार करना, हाथापाई करना; **~able** *a* विनिमय-योग्य, विनिमेय

exchequer इक्स्चे॑कर *n* 1 राजकोष, सरकारी ख़ज़ाना, **Chancellor of the E~** (ब्रिटेन का) वित्तमन्त्री, 2 (व्यक्ति का) धन, कोष

excise¹ ऍक्साइज़ *n* & *vt* देश के भीतर तैयार होने वाले माल पर लगने वाला कर, उत्पादन-कर, उत्पादन-शुल्क, आबकारी; *vt* (व्यक्ति या कारख़ाने पर) उत्पादन-कर लगाना; **~man** आबकारी-विभाग का अधिकारी

excise² इक्साइज़ *vt* 1 (*surg*) काटना, अंग काट देना, अंगच्छेदन करना, 2 (पुस्तक का) अंश या अनुच्छेद निकाल देना; **excision** इक्सिश्ज़न *n* काटना, अपच्छेदन, उच्छेदन

excitable *n* 1 (of person) जल्दी गुस्से या तैश में आ जाने वाला, जल्दी भड़क उठने वाला, 2 (of nerve) उत्तेजनाशील

excitation *n* (*physiol*) उद्दीपन, उत्तेजना

excite इक्साइट *vt* 1 उत्तेजित करना, उभारना, उकसाना, भड़काना, जोश दिलाना, गुस्सा दिलाना, (भावना) जागृत करना, उद्दीप्त करना, भावाविष्ट करना, (रुचि, कौतूहल) पैदा करना [to ~ interest, curiosity], उल्लसित करना, मज़ा देना

excitement *n* 1 उत्तेजना, आवेश, भावावेश, जोश, क्षोभ, गुस्सा, 2 सनसनी, बेचैनी, घबराहट, खलबली, हड़बड़ी [the ~ of departure], 3 हर्षोल्लास

exciting *a* 1 उत्साह पैदा करने वाला, जोश दिलाने वाला, रोमांचकारी [an ~ match], 2 मज़ेदार, अत्यन्त रोचक [an ~ novel]

exclaim इक्स्क्लेम *vi* & *t* 1 (क्रोध, पीड़ा, आश्चर्य आदि से) चिल्लाना, चिल्ला उठना, पुकारना, ज़ोर-ज़ोर से बोलना, दुहाई देना, 2 to ~ **against** sth किसी बात के विरुद्ध आवाज़ उठाना, किसी बात की ऊंचे स्वर में निन्दा करना, 3 *vt* पुकार उठना, कहना [He ~ed that he would never yield]

exclamation ऍक्स्क्लमेशन *n* 1 पुकार, शोर-पुकार, दुहाई, चीत्कार, 2 चिल्ला कर कहे गये शब्द, 3 **note of ~** विस्मयादिबोधक चिन्ह(!)

exclude इक्स्क्लूड *vt* 1 (स्थान, सभा आदि से) निकाल देना, भीतर न आने देना, बहिष्कार करना, शामिल न करना, न मिलाना [to ~ a person

from a place, society, etc], 2 रोकना, होने न देना, असंभव बनाना, हटाना, to ~ the possibility of doubt सन्देह की संभावना न रहने देना

excluding *prep* को छोड़ कर, के सिवाय, के बिना

exclusion इक्स्क्लूश्ज़न *n* (see exclude) 1 बहिष्कार, वर्जन, प्रवेश-निषेध, रोक, **to the ~ of** को वर्जित करते हुए, की उपेक्षा करते हुए, को शामिल न करते हुए

exclusive इक्स्क्लूसिव *a* 1 (of person) दूसरों का बहिष्कार करने वाला, दूसरों को साथ न मिलाने वाला, दूसरों से अलग रहने वाला, ग़ैर-मिलनसार, 2 (of a society, group, etc) नये सदस्यों को मिलाने का अनिच्छुक, इने-गिने सदस्यों का, सीमित-सा, 3 जो किसी दूसरे का न हो, अनन्य, विशिष्ट, his ~ right उसका अनन्य अधिकार, 4 *log* जिसमें कोई और बात शामिल न हो, व्यावर्तक [These are ~ terms], 5 एकमात्र, his ~ profession उसका एकमात्र व्यवसाय, 6 **exclusive of** को छोड़ कर, को न गिनते हुए, को शामिल न करते हुए, के अतिरिक्त [price, ~ of local taxes]; **~ly** केवल, एकमात्र; **~ness** 1 ग़ैरमिलनसारी, 2 अनन्यता

excogitate ऐंक्स्कोंजिटेट *vt* सोच निकालना, युक्ति या तरकीब निकालना; योजना बनाना, षड्यन्त्र रचना [to ~ a plan, plot]; **excogitation** *n* विचारणा, चिन्तन

excommunicate ऐंक्स्कम्यूनिकेट *vt* (व्यक्ति को) धार्मिक अनुष्ठानों में सम्मिलित न होने देना, धर्म-बहिष्कार करना, संप्रदाय या जात-बिरादरी से निकाल देना, जातिबहिष्कार करना, हुक्का-पानी बन्द करना; **excommunication**(संप्रदाय या जाति से) बहिष्कार

excoriate ऐंक्स्कॉरियेट *vt* 1 खरोंच लगने से खाल का उतर जाना, खाल छिल जाना, (खाल) उधेड़ना; *fig* कटु आलोचना करना, बहुत निन्दा करना; **excoriation** छीलना, छिल जाना; छिलन, खरोंच; निन्दा

excrement ऐंक्सक्रिमन्ट *n* मल, विष्ठा, बीठ, गोबर

excrescence इस्क्रेंसन्स *n* 1 (प्राणी के शरीर पर) फोड़े के आकार में बढ़ा हुआ मांस, ग्रन्थि, मांसपिण्ड, पेड़-पौधे के तने पर अस्वाभाविक रूप से उगी हुई चीज़, उभार, उठान, अपवृद्धि, 2 *fig* अनावश्यक तत्त्व

excrescent इक्स्क्रेंसन्ट *a* अनावश्यक, फ़ालतू

excreta ऐंक्स्क्रीटः *n pl* मलमूत्र, विष्ठा, बीठ, गोबर

excrete ऐंक्स्क्रीट *vt* 1 (of animals) मल निकालना, मल-मूत्र निकालना, गोबर करना, 2 (of plants) रस निकालना

excretion ऐंक्स्क्रीशन *vt* 1 मलत्याग, मलोत्सर्ग, मलोत्सर्जन, 2 रस-निःस्रवण

excruciate इक्स्क्रूशियेट *vt* बहुत दुःखी करना, यन्त्रणा देना, तकलीफ़ देना; **excruciating** *a* (of pain) भयंकर, घोर, दारुण, सख़्त, तीव्र

exculpate ऐंक्स्कल्पेट *vt* दोषमुक्त करना, निर्दोष ठहराना [to ~ s.o. **from** a charge]; **exculpation** *n* दोषमुक्ति, दोषमार्जन

excursion इक्स्कर्शन *n* भ्रमण, घूमना-फिरना, सैर, सैर-सपाटा, पर्यटन, यात्रा, विनोद-यात्रा, विहार, boat ~ नौका-विहार; ~ train यात्रा-गाड़ी; **~ist** *n* सैलानी, पर्यटक, यात्री

excusable *a* क्षमा करने योग्य, क्षम्य, क्षन्तव्य, माफ़ी के लायक

excuse^1 इक्सक्यूज़ *vt* 1 क्षमा करना, माफ़ करना, माफ़ी देना [Please ~ my late arrival; ~ me **for** being late], 2 क्षमादान का (पर्याप्त) हेतु होना, 3 (काम से) छुट्टी देना [to ~ s.o. **from a duty, from doing** sth], 4 to ~ s.o.'s presence किसी को छुट्टी देना, to ~ s.o.'s absence किसी की अनुपस्थिति माफ़ कर देना, 5 **Excuse me** क्षमा कीजिए (=शिष्टाचार का पालन न करने, किसी की बात काटने, किसी से भिन्न मत व्यक्त करने के अवसर पर शिष्टोक्ति)

excuse^2 *n* 1 क्षमा, माफ़ी, 2 क्षमादान का हेतु या कारण, माफ़ी की वजह, **Ignorance of the law is no ~** किसी को कानून से अनभिज्ञ मान कर क्षमा नहीं किया जा सकता, **without ~** उचित कारण के बिना, 3 बहाना; हीला, हीला-हवाला, to make ~s बहाने करना, 4 **an ~ for** का घटिया नमूना

execrable ऐंक्सिक्रबल *a* घृणित, घृणास्पद, जघन्य, घिनौना, नीच [~ manner]; ख़राब [~ weather]

execrate ऐंक्सिक्रेट *vt* 1 घृणा करना, घृणित समझना, 2 शाप देना; **execration** ऐंक्सिक्रेशन *n* 1 घृणा, नफ़रत, 2 शाप, अभिशाप

executant इग्ज़ेंक्युटन्ट *n* (f. foll 6) (संगीत-रचना का) गायक, वादक

execute ऐंक्सिक्यूट *vt* 1 (योजना, आदेश आदि) कार्यान्वित करना, निष्पन्न करना, निष्पादन करना, पालन करना, अमल में लाना [to ~ a plan, command, etc], 2 (दण्डाज्ञा की) तामील करना [to ~ a sentence], 3 डिगरी का इजराय करना [to ~ a decree], 4 कार्यसंपादन करना, काम करना, काम पूरा करना, 5 (कानूनी दस्तावेज़ पर) हस्ताक्षर करना, हस्ताक्षर करके वैध बनाना, पक्का करना [to ~ a deed], 6 (संगीत-रचना को) गाना-बजाना, गायन या वादन करना, 7 मृत्युदंड देना, फांसी देना या सिर उड़ा देना या गोली से उड़ा देना

execution ऐंक्सिक्यूशन *n* 1 संपादन, निष्पादन, पालन, परिपालन, निबाह, तामील, इजराय, ~ of a decree इजराय डिगरी, 2 (संगीत में) दक्षता, 3 गायन, वादन, 4 (of weapon; *fig* of argument) **to do ~** तबाही मचाना, विध्वंस करना, विनाश करना, 5 कुर्की, **writ of ~** कुर्की का परवाना, 6

मृत्युदंड (see prec, 7); ~**er** *n* वधिक, जल्लाद

executive इग्ज़ेॅक्युटिव *a* & *n* **1** कार्यान्वित करने वाला, कार्यपालक [~ officer] प्रबन्धक, कार्यकारिणी, ~ committee कार्यकारिणी समिति, **2** कार्यपालन संबंधी, कार्यपालक [~ powers]; *n* सरकार का वह अंग जिसका **संबंध कानूनों** एवं राजकीय आदेशों के परिपालन से है, कार्यपालिका (cf. judiciary, legislature)

executor इग्ज़ेॅक्युटर *n* वसीयत को कार्यान्वित करने के लिए वसीयतकर्त्ता द्वारा नियुक्त व्यक्ति; निष्पादक

exegesis ऍक्सिजीसिस *n* व्याख्या, टीका (वि० धर्मग्रन्थ की); **exegetical** ऍक्सिजेॅटिकल *a* व्याख्या-संबंधी, टीका-संबंधी, टीका का, व्याख्यात्मक

exemplary इग्ज़ेॅम्प्लरि *a* **1** अनुकरणीय [~ conduct], **2** नमूने का, आदर्श, आदर्शरूप [~ husband], **3** उदाहरणस्वरूप, जो उदाहरण का काम दे, **4** जिस से दूसरों को शिक्षा या चेतावनी मिले, निवारक, सख़्त, कड़ा [~ **punishment**]

exemplification *n* **1** (see foll), **2** उदाहरण, दृष्टान्त ; **सोदाहरण प्रतिपादन**

exemplify इग्ज़ेॅम्प्लिफ़ाइ *vt* **1** (स्पष्ट करने के लिए) उदाहरण देना, उदाहरण प्रस्तुत करना, दृष्टान्त देना, मिसाल देना [to ~ a rule], **2** उदाहरण या उदाहरणस्वरूप होना, उदाहरण का काम देना

exempt¹ इग्ज़ेॅम्प्ट *a* & *n* जिसे कर या नियम आदि से छूट दी गई हो, छूट-प्राप्त, विमुक्त [~ **from** taxation, duty, etc]; *n* छूट-प्राप्त व्यक्ति

exempt² *vt* (कर या नियम आदि से) छूट देना, माफ़ी देना [to ~ s.o. **from** taxation etc], माफ़ करना, मुक्त या विमुक्त करना

exemption इग्ज़ेॅम्प्शन *n* छूट, माफ़ी, मुक्ति, विमुक्ति [~ **from** taxation, military service, etc]

exequies ऍक्सिक्विज़ *n pl* अन्त्येष्टि, अन्तिम संस्कार

exercise¹ ऍक्सर्साइज़ *n* **1** (शरीर के अंग, शारीरिक या मानसिक शक्ति, अधिकार आदि का) प्रयोग, उपयोग, इस्तेमाल, काम में लाना, बरतना [~ of an organ, one's faculty, power, right], **2** कोई काम सीखने के लिए उसे बार-बार करना, अभ्यास, साधना, **3** व्यायाम, कसरत, कवायद, ड्रिल, **to take** ~ व्यायाम करना, **4** अनुष्ठान, धर्मचर्या, आचरण [religious ~], **5** अभ्यास [military ~s], **6** (पाठ के अन्त में दी गई) प्रश्नावली, प्रश्नमाला, अभ्यास

exercise² *vt* & *i* **1** (अधिकार, शक्ति आदि का) प्रयोग या उपयोग करना, इस्तेमाल करना, प्रयोग या उपयोग में लाना, काम में लाना, बरतना [to ~ a right etc], **2** (व्यक्ति को) प्रशिक्षण देना, अभ्यास कराना, **3** (मानसिक या शारीरिक शक्तियों पर) बोझ या भार या ज़ोर या दबाव डालना, परीक्षण करना, इम्तहान लेना, आज़माना [to ~ s.o.'s patience], **4** परेशान करना, हैरान करना, चिन्तित करना [the problem that is exercising our minds], **5** *vi* व्यायाम करना

exert इग्ज़र्ट *vt* **1** (शक्ति, प्रभाव, आदि का) प्रयोग या उपयोग करना, काम में लाना, बरतना, [to ~ force, influence, etc], **2 to** ~ **oneself** प्रयत्न करना, प्रयास करना, उद्योग करना, कोशिश करना, दौड़-धूप करना, ज़ोर लगाना [to exert oneself **to do** sth, **for** some object]

exertion इग्ज़र्शन *n* **1** यत्न, प्रयत्न, प्रयास, कोशिश, परिश्रम, मेहनत, **2** थकान, थकावट

exeunt L ऍक्सियन्ट *vi* (stage direction) वे (दो या अधिक पात्र) बाहर जाते हैं, ~ omnes सब बाहर जाते हैं

ex gratia L ऍक्स ग्रेश: *adv* & *a* **1** अनुग्रह के रूप में (किया या दिया हुआ) [~ payment]

exhalation एक्स-लेशन *n* **1** सांस, श्वास, निःश्वास, उच्छ्वास, **2** सांस का निकलना, उच्छ्वसन, **3** भाप बनना, वाष्पीकरण; वाष्प, **4** धुंध, कुहरा

exhale ऍक्स्हेल *vt* & *i* **1** सांस निकालना, सांस छोड़ना, सांस फेंकना, **2** भाप निकालना, भाप बनाना, भाप बन कर उड़ जाना, **3** प्राण छोड़ना या त्यागना [to ~ life, soul]

exhaust¹ इग्ज़ॉस्ट *n* **1** (इंजन से गैस आदि का) निकास, निर्गम, ~ **fan** निकास-पंखा, ~-pipe निकास-नली, **2** (बर्तन आदि से) हवा निकालने का उपकरण, निर्वातक

exhaust² *vt* **1** (बर्तन से) हवा निकालना, निर्वात करना, **2** (बर्तन को) ख़ाली करना, रिक्त करना, **3** पूरा ख़त्म कर देना, निःशेष करना, बाकी कुछ न छोड़ना, सारे का सारा खर्च कर डालना [to ~ one's patience], **4** (देश की धन-दौलत, प्राकृतिक साधन) निचोड़ लेना, चूस लेना, **5** (व्यक्ति का बल) चूस लेना [to ~ one's strength] (व्यक्ति) को क्षीण या निर्बल करना, थकाना, थका डालना [I am feeling ~ed], **6** (किसी विषय पर) कहने लायक सब कुछ कह देना, जानने लायक सब कुछ जान लेना, सब कुछ पढ़ लेना [to ~ a subject]

exhaustion इग्ज़ॉस्चन *n* **1** ख़ाली या रिक्त या शून्य हो जाना, **2** पूरा ख़र्च हो जाना, बाकी न रहना, समाप्ति, **3** थकान, थकावट, क्लांति, क्षीणता, निर्बलता, कमज़ोरी

exhaustive इग्ज़ॉस्टिव *a* (विषय के) सभी पहलुओं पर प्रकाश डालने वाला, पूरी जानकारी देने वाला, सर्वाङ्गीण, सर्वाङ्गसम्पूर्ण, व्यापक, विस्तृत [~ inquiry, report, etc]

exhibit इग्ज़िबिट *n* **1** प्रदर्शनी में रखी जाने वाली या रखी गई वस्तु, प्रदर्शनीय वस्तु, प्रदर्शित वस्तु, प्रदर्श, **2** अदालत में पेश की गई चीज़ या अभिलेख (जिसकी चर्चा लिखित साक्ष्य में हुई हो)

exhibition ऍक्सिबिशन *n* 1 प्रदर्शनी, नुमाइश, 2 प्रदर्शन, दिखावा, तमाशा, **to make an ~ of oneself** घृणास्पद ढंग से आचरण करना, तमाशा बनना, 3 छात्रवृत्ति; **~er** *n* छात्रवृत्ति पाने वाला, वृत्तिभोगी छात्र

exhibitionism ऍक्सिबिशनिज़्म *n* आत्मप्रदर्शन करने की मनोवृत्ति, प्रदर्शन-प्रवृत्ति, दिखावे की प्रवृत्ति; अंगप्रदर्शन; **exhibitionist** *n* प्रदर्शनवादी

exhibitor इग्ज़िबिटर *n* 1 प्रदर्शनी में भाग लेने वाला, प्रदर्शक, 2 सिनेमाघर का मालिक

exhilarate इग्ज़िलरेट *vt* 1 प्रसन्न करना, उल्लसित करना, आनन्दविभोर करना, 2 जान डालना, हिम्मत बढ़ाना

exhilarating *a* 1 उल्लसित करने वाला, उल्लासकारी, आह्लादकारी, आनन्ददायक [an ~ experience], 2 जान डालने वाला, हिम्मत बढ़ाने वाला [~ wine]

exhilaration इग्ज़िलरेशन *n* उल्लास, आह्लाद, आनन्द, प्रसन्नता, खुशी, प्रफुल्लता

exhort इग्ज़ॉर्ट *vt* उपदेश देना या करना, शिक्षा देना, समझाना, प्रबोधित करना, अनुरोध करना, प्रेरणा करना, आग्रहपूर्वक कहना [to ~ s.o. to do sth]

exhortation ऍग्ज़ॉर्टेशन *n* उपदेश, धार्मिक उपदेश, शिक्षा, प्रबोधन, उद्बोधन, अनुरोध, प्रेरणा

exhumation ऍक्स्यूमेशन *n* उत्खनन, शवोत्खनन

exhume इग्ज़्यूम *vt* 1 गड़े हुए (शव आदि) को खोद कर निकालना, भूमि से निकालना, 2 *fig* प्रकाश में लाना, (रहस्य आदि का) पता लगाना

exigence, -cy ऍक्सिजेन्स, -न्सि *nn* 1 ऐसी आवश्यकता जिसे तुरन्त पूरा करना हो, तात्कालिक-आवश्यकता, फ़ौरी ज़रूरत, सख़्त ज़रूरत, 2 आकस्मिक संकट, संकट की स्थिति, आपात

exigent ऍक्सिजन्ट *a* 1 अत्यावश्यक, बहुत ज़रूरी, सख़्त, कठिन, ज़ोरदार, 2 बहुत माँग करने वाला, ~ of की मांग करने वाला, की अपेक्षा करने वाला

exigible ऍक्सिजिबल *a* जिसकी माँग की जा सके, जो बलात् ग्रहण किया जा सके [~ **against, from,** s.o.]

exiguity ऍग्ज़िग्युइटि, **exiguousness** *nn* अल्पता, न्यूनता

exiguous ऍग्ज़िग्युअस *a* बहुत थोड़ा, बहुत कम, अत्यल्प

exile^{1} ऍग्ज़ाइल *n* 1 देश-निकाला, निर्वासन, वनवास, 2 दीर्घ प्रवास

exile^{2} *n* निर्वासित व्यक्ति, देश से बाहर गया हुआ व्यक्ति, प्रवासी, वनवासी

exile^{3} *vt* देश-निकाला देना, निर्वासित करना, वनवास देना

exist इग्ज़िस्ट 1 अस्तित्व रखना, सत्ता रखना, विद्यमान होना, होना [Do ghosts ~ ?], I think, therefore I ~ मैं मनन करता हूं, अतः मैं अस्तित्व रखता हूं, 2 (of circumstances, conditions, etc) पाया जाना, 3 (वि० कठिन परिस्थिति में) जीवित रहना, ज़िन्दा रहना [We cannot ~ without food]

existence इग्ज़िस्टन्स *n* 1 अस्तित्व, सत्ता, हस्ती, विद्यमानता, to be in ~ अस्तित्व रखना, विद्यमान होना, to come into ~ जन्म लेना, उत्पन्न होना, 2 जीवन, ज़िन्दगी [to lead a happy ~], जीवन-पद्धति, रहन-सहन [We are working for a better ~], 3 अस्तित्ववान् पदार्थ, प्राणी, सत्, सत्त्व

existent इग्ज़िस्टन्ट *a* 1 अस्तित्ववान्, सत्, विद्यमान, मौजूद, 2 वर्तमान, आजकल का, चालू

existential ऍग्ज़िस्टेन्शल *a* 1 जीवन का, अस्तित्व-संबंधी, अस्तित्व का; अस्तित्वात्मक, अस्तित्वपरक, **~ism** *n* व्यक्ति के जीवन को सर्वोपरि महत्त्व देने का सिद्धान्त जिसके अनुसार इस अननुकूल विश्व में मानव एकाकी है और अपने कर्मों के लिए उत्तरदायी तथा अपने भाग्य का स्वयं विधाता है, व्यक्ति-जीवनवाद

exit^{1} ऍग्ज़िट *n* 1 (अभिनेता का) रंग मंच से जाना, निष्क्रमण, निर्गमन, to make one's ~ चला जाना, छोड़ देना, 2 *fig* मृत्यु, महाप्रस्थान, 3 बाहर जाना, बाहर जाने का मार्ग, निर्गम, Exit only केवल बाहर जाने का रास्ता, 4 बाहर जाने की स्वतन्त्रता

exit^{2} ऍक्सिट, ऍग्ज़िट *vt* (stage direction) = बाहर जाता है

exodus ऍक्सडस *n* बाहर जाना, (वि० स्वदेश छोड़ कर जाने वालों का) प्रस्थान, रवानगी, कूच

ex officio L ऍक्स्-अफ़िशिओ *adv* & *a* पद के नाते, पदेन [I attended the meeting ex officio]; *a* I am an ex-officio member of the commitee [*N.B.* when used as *adj*, the words are hyphened]

exogamous ऍक्सोगमस *a* असगोत्र-विवाह करने वाला

exogamy ऍक्सोगमि *n* अपने गोत्र या कबीले से बाहर के व्यक्ति के साथ विवाह, असगोत्र विवाह (cf. endogamy)

exonerate इग्ज़ोनरेट *vt* 1 दोषमुक्त करना, निर्दोष ठहराना [to ~ s.o. **from** blame], 2 (कर्तव्य, ज़िम्मेवारी से) मुक्त करना, छुट्टी देना, छुटकारा देना; **exoneration** *n* 1 दोषमुक्ति, 2 कर्तव्य से मुक्ति या छूट

exorbitance *n* (**f.** foll) अधिकता, ज़्यादती

exorbitant इग्ज़ॉर्बिटन्ट *a* (of prices, demand, ambition, etc) सीमा से बढ़कर, हद से ज़्यादा; बेहद, बहुत अधिक, अतिशय

exorcism ऍक्सॉर्सिज़्म *n* (f. foll) भूत उतारना; भूत शुद्धि, झाड़-फूंक **exorcist** भूत उतारने वाला, ओझा

exorcize ऍक्सॉर्साइज़ *vt* 1 (मंत्र आदि द्वारा भूत-

प्रेत को व्यक्ति या स्थान से) निकालना, भूत उतारना [to ~ an evil spirit **from, out of**, a person or place; to exorcize a person or place **of** evil spirits]

exordium ऍक्सॉर्डियम *n* (व्याख्यान, ग्रन्थ, निबंध आदि का) प्रारंभिक भाग, भूमिका, प्रस्तावना, आमुख, उपोद्घात

exoteric ऍक्सोटॅरिक *a* & *n* 1 (of doctrines, modes of speech) जो संप्रदाय-विशेष या वर्ग-विशेष से बाहर के लोगों की समझ में आ सके, जो गूढ़ या गोपनीय न हो, सुबोध, 2 साधारण, सामान्य, सार्वजनिक, 3 (of disciples) बहिरङ्ग, अदीक्षित [cf esoteric], *n pl* ~s साधारण या सुबोध सिद्धान्त

exotic इग्ज़ॉटिक *a* & *n* (of plants, words, fashions) बाहर से आया या लाया हुआ, बाहर का, विदेश का, विदेशी, विदेशज; आकर्षक ; **विचित्र**

expand इक्सपैन्ड *vi* & *t* 1 फैलना, फैलाना, चौड़ा होना या करना, विस्तृत होना या करना, विस्तार करना, बढ़ना, बढ़ाना, फूलना, फुलाना, आयतन बढ़ना या बढ़ाना, 2 (संक्षिप्त कथन का) विस्तार करना, खोल कर बताना, व्याख्या करना, 3 (मन, बुद्धि का) विकास करना, विकसित होना, 4 (व्यक्ति का) संकोच त्यागना, मिलनसार बनना

expanse इक्स्पैन्स *n* 1 विस्तार, 2 विस्तृत या विशाल प्रदेश, लंबा-चौड़ा इलाका

expansible *a* विस्तारणीय, जो फैल सके

expansion इक्स्पैन्शन *n* 1 फैलना, फैलाव, प्रसार, प्रसरण, स्फीति, ~ of currency मुद्रा-स्फीति, 2 (संक्षिप्त कथन का) विस्तार, ~**ary** *a* विकास या विस्तार का [~ary phase]; ~**ism** *n* विस्तार करने की नीति, विस्तारवाद, अपना इलाका बढ़ाने की नीति, ~**ist** *a* विस्तारवादी, विस्तार करने की नीति में विश्वास रखने वाला

expansive इक्स्पैन्सिव *a* 1 (of force) फैलाने वाला, विस्तार करने वाला, त्रिस्तारी, (of gas) फैलने वाला, 2 विस्तृत, व्यापक, सर्वाङ्गीण, सर्वाङ्ग-सम्पूर्ण, 3 (of person) दिखावा करने वाला, बहुत अधिक कहने वाला, (of feeling) बेकाबू, अदम्य, (of speech) धाराप्रवाह, धूआंधार; ~**ness, expansivity** *nn* विस्तार, व्यापकता; विस्तारात्मकता

ex parte ऍक्स्पार्टि *adv* & *a* (*law*) एक पक्ष की ओर से, एक पक्ष के हित में [He spoke ex parte]; *a* एकपक्षीय, एक-तरफ़ा [an ex-parte statement, decree]

expatiate इक्स्पेशियेट *vi* to ~ **on** a subject किसी विषय पर विस्तार से बोलना या लिखना, विस्तार से व्याख्या करना, *fig* स्वच्छन्द विहार करना; **expatiation** *n* लम्बा-चौड़ा व्याख्यान या भाषण (करना)

expatriate^1 ऍक्स्पैट्रियेट 1 *vt* देशनिकाला देना, निर्वासित करना, 2 to ~ oneself स्वदेश छोड़ कर चले जाना, राष्ट्रीयता त्यागना

expatriate^2 *a* & *n* देश छोड़ कर जाने वाला, देशत्यागी, देश से निकाला जाने वाला, देशनिष्कासिती

expatriation ऍक्स्पैट्रियेशन *n* 1 देशनिकाला, 2 देशत्याग, 3 राष्ट्रीयता-त्याग

expect ऍक्स्पॅक्ट *vt* 1 आशा करना या रखना, उम्मीद करना या रखना, I ~ nothing **of** him मैं उससे कोई आशा नहीं रखता, 2 प्रतीक्षा करना इन्तज़ार करना, राह या बाट देखना [I shall ~ you next week], 3 अपेक्षा करना [I ~ you to be punctual], 4 *colloq* (संभव) ख़्याल करना, I ~ a storm मेरा ख़्याल है कि आँधी आयेगी, I ~ you have heard this मेरा ख़्याल है कि आपने यह सुन लिया होगा, 5 **to be** ~**ing** (**a baby**) गर्भवती होना, 6 ~**ed** *a* प्रत्याशित

expectancy इक्सपॅक्टन्सि *n* 1 ऐसी स्थिति जिसमें व्यक्ति मन में कहता है कि देखें अब क्या होता है, किसी बात या घटना की (अधीरता से) प्रतीक्षा, (बेचैनी से) इन्तज़ार, उत्कंठा [There was an air of ~ in the lobbies], 2 (दाय के रूप में) सम्पत्ति मिलने की आशा या सम्भावना; **life** ~ आयु की प्रत्याशा या सम्भावना, प्रत्याशित आयु

expectant इक्स्पॅक्टन्ट *a* & *n* 1 आशा करने या रखने वाला, अपेक्षी, 2 प्रतीक्षा या इन्तज़ार करने वाला, राह देखने वाला, ~ mother गर्भवती स्त्री, 3 आशा का, प्रतीक्षा का; *n* (पद का) उम्मीदवार

expectation ऍक्स्पॅक्टेशन *n* 1 आशा, प्रत्याशा, उम्मीद, अपेक्षा, **beyond** ~ आशा से बढ़कर, **contrary to** ~ आशा के प्रतिकूल, 2 प्रतीक्षा, इन्तज़ार, 3 (in *pl*) दाय मिलने की आशा, संपत्ति या वस्तु जिसके मिलने की आशा हो, प्रत्याशित दाय, प्रत्याशित संपत्ति, 4 सम्भावना, ~ **of life** (see life)

expectorant ऍक्स्पॅक्टरन्ट *a* & *n* बलगम निकालने की दवा, कफनिस्सारक

expectorate ऍक्स्पॅक्टरेट *vt* 1 (खांस कर) बलगम निकालना, 2 *abs* थूकना; **expectoration** ऍक्स्पॅक्टरेशन *n* 1 खखारना, 2 खखार, बलगम, थूक

expediency, -ce ऍक्स्पीडिअन्सि, -न्स *nn* (see foll) 1 कार्यसाधकता, इष्टसाधकता, इष्टसिद्धि, 2 औचित्य, समीचीनता, उपयुक्तता, अवसरानुकूलता

expedient ऍक्स्पीडिअन्ट *a* & *n* (usu *pred a*) 1 जो पूर्णत: न्यायसम्मत न होते हुए भी कार्यसाधक हो, जिससे काम बन जाये, (व्यावहारिक दृष्टि से) उपयोगी, कार्यसाधक. इष्टसाधक [In times of war, governments do whatever they think expedient], 2 जो स्थितिविशेष में लाभदायक हो, कालोचित, अवसरानुकूल, समीचीन [It is ~ that you should go]; *n* उपाय, साधन, युक्ति, चाल [a political ~]

expedite ऍक्स्पिडाइट *vt* (काम के) जल्दी सम्पन्न होने में सहायता करना, (काम) जल्दी करना या

करवाना, जल्दी कार्यवाही करना, शीघ्र निबटाना

expedition ऍक्स्पिडिशन *n* **1** युद्ध-जैसा विकट काम, चढ़ाई, मुहिम, अभियान, **2** अभियान करने वाला दल या दस्ता या जहाज़ी बेड़ा, अभियानदल, mountain ~ पर्वतारोही-दल, **3** शीघ्रता, जल्दी, फुर्ती, **तेज़ी** [to do sth with (all) ~]; **expeditionary** *a* अभियान-संबंधी, ~ force अभियान-दल, अभियान सैन्यदल, अभियान सेना

expeditious ऍक्स्पिडिशस *a* **1** फुर्ती से करने वाला, फुर्तीला, **2** फुर्ती से किया हुआ, शीघ्र सम्पन्न; ~ disposal शीघ्र निपटान; ~**ly** *adv* फुर्ती से, तेज़ी से, जल्दी, शीघ्र, शीघ्रता से, झटपट

expel इक्स्पे॑ल *vt* (-ll-) **1** (व्यक्ति को स्थान, सभा आदि से; छात्र को स्कूल से) निकालना, निकाल देना, निकाल बाहर करना, बहिष्कृत करना [to ~ s.o. **from** a place, society; to ~ a student **from** school], 2 (वस्तु को) ज़ोर से बाहर फेंकना या निकालना

expend इक्स्पे॑न्ड *vt* **1** (रुपया) ख़र्च करना, व्यय करना, (रुपया, समय) लगाना [to ~ money, time, **on** sth], to expend care **in** doing sth कोई काम बड़े ध्यान या बड़ी सावधानी से करना, **2** प्रयोग में लाना, खपाना, ख़त्म कर देना [All the ammunition has been ~ed]

expenditure इक्स्पे॑न्डिचर *n* ख़र्च, व्यय, लागत, खपत, **capital** ~ निर्माण आदि ऐसे कामों पर होने वाला व्यय जिन्हें स्थायी पूंजी माना जाता है; पूंजीगत व्यय; recurring ~ आवर्ती व्यय, प्रति वर्ष या बार बार होने वाला व्यय, **revenue expenditure** टैक्स आदि उगाहने पर होने वाला खर्च, राजस्व व्यय

expense इक्स्पे॑न्स *n* **1** ख़र्च, व्यय, लागत, **to put s.o. to the ~ of sth** किसी से किसी चीज़ पर ख़र्च करवाना, **2** (in *pl*) household ~s घर का खर्च, travelling ~s सफ़र-ख़र्च, **3 at the expense of** को क्षति पहुंचा कर, को खो कर या गँवा कर [He got a first class, but only at the ~ of his health], **4** a laugh **at my** ~ मेरा उपहास, मेरा मज़ाक; tea at my ~ मेरे ख़र्च से चाय

expensive इक्स्पे॑न्सिव *a* बहुमूल्य, कीमती, महँगा, जिस पर बहुत ख़र्च आये

experience इक्स्पिअरिअन्स *n* **1** अनुभव, अनुभूति, तजुर्बा [I learnt by ~ that...], a personal ~ निजी अनुभव, **2** आप-बीती, an unpleasant ~ कटु अनुभव

experience^{2} *vt* **1** अनुभव होना या करना, महसूस करना, अनुभूति होना, **2** to ~ pain (पीड़ा, कष्ट) होना, सहना, भुगतना, भोगना, सामना करना, **3** to ~ difficult times कठिन समय से गुज़रना, **4** to ~ that, how... अनुभव से जानना या सीखना कि...; ~**d** *a* अनुभवी, तजुर्बेकार [an ~ed teacher]; **experiential** *a* आनुभविक

experiment^{1} इक्स्पे॑रिमन्ट *n* प्रयोग, परीक्षण, तजुर्बा, परीक्षा, जाँच, इम्तहान

experiment^{2} इक्स्पे॑रिमे॑न्ट *vi* प्रयोग करना, परीक्षण करना, तजुर्बा करना, कर के देखना [to ~ **on, with,** sth]

experimental *a* प्रयोग या परीक्षण पर आधारित, प्रयोगात्मक, प्रायोगिक [an ~ farm]

expert ऍक्स्पर्ट *a* & *n* **1** विशेषज्ञ, विज्ञ, पारखी, निपुण या प्रवीण या कुशल (व्यक्ति) [an ~ **at, in,** sth], **2** विशेषज्ञ का [expert evidence]; ~**ly** कुशलता या दक्षता से; ~**ness** विशेषज्ञता; निपुणता, कुशलता, दक्षता

expertise ऍक्सपर्टीज़ *n* **1** विशेषज्ञ या विशेषज्ञों की रिपोर्ट या राय, विशेषज्ञमत, **2** विशेष ज्ञान और विधि, विषेषज्ञता; तकनीक

expiate ऍक्स्पियेट *vt* (पाप का) प्रायश्चित्त करना [to ~ one's sin]; **expiation** *n* प्रायश्चित्त; **expiatory** *a* प्रायश्चित्त का, प्रायश्चित्त के लिए किया हुआ, प्रायश्चित्तात्मक, प्रायश्चित्तस्वरूप

expiration ऍक्सपिरेशन *n* (f. expire) **1** सांस छोड़ना, **2** उच्छ्वास, निःश्वास, **3** (अवधि की) समाप्ति [~ of the period], (संधि की) अवधि की समाप्ति [~ of the truce]

expiratory ऍक्स्पाइअरेटरि *a* (f. foll) सांस निकालने का, निःश्वसन-

expire इक्सपाइअर *vt* & *i* **1** सांस निकालना, सांस छोड़ना, **2** मरना, प्राण छोड़ना या त्यागना, दम निकलना, **3** (of fire) बुझना, **4** (of period) समाप्त होना, ख़त्म होना, **5** (of law, truce, etc) अवधि समाप्त होना, मियाद पूरी या ख़त्म होना [My driving licence has ~d]

expiry इक्स्पाइअरि *n* (अवधि, संधि आदि की) समाप्ति, अन्त

explain इक्स्प्लेन **1** विस्तारपूर्वक बताना, समझाना, स्पष्ट करना, व्याख्या करना, **2** कारण स्पष्ट करना, That ~s his conduct इस बात से उसके आचरण का कारण समझ में आ गया है, इस बात से स्पष्ट हो गया कि उसने ऐसा आचरण क्यों किया, **3** to ~ **away** (आपाततः आपत्तिजनक बात की) ऐसी व्याख्या करना कि वह आपत्तिजनक न लगे, सन्तोषजनक कारण बताना, लीपापोती करना, व्याख्या करके टाल देना, **4** to ~ **oneself** (i) अपना मतलब स्पष्ट करना, (ii) अपने (असाधारण) आचरण का कारण बताना

explanation ऍक्स्प्लनेशन *n* **1** व्याख्या, **2** स्पष्टीकरण, कारण बताना, सफ़ाई, जवाब [to give an ~ of one's conduct], to call for s.o.'s ~ किसी से जवाबतलबी करना

explanatory इक्स्प्लैनटरि *a* व्याख्यात्मक, (अर्थ को) स्पष्ट करने वाला, समझाने वाला

expletive इक्स्प्लीटिव *a* & *n* पूरक, अनुपूरक,

पादपूरण, भर्ती का शब्द

explicable ऍक्स्प्लिक-ब्ल *a* जिसकी व्याख्या की जा सके, जो समझाया जा सके, जो समझ में आ सके; व्याख्येय

explicate ऍक्स्प्लिकेट *vt* 1 (सिद्धान्त का) विकास या विस्तार करना, 2 व्याख्या करना, समझाना; **explication** *n* अर्थविश्लेषण, व्याख्या; **explicative, explicatory** *aa* व्याख्यात्मक

explicit इक्सप्लिसिट *a* इतने विस्तार के साथ बताया हुआ कि कोई पहलू अस्पष्ट या अव्यक्त न रहे, विस्तारपूर्वक, सविस्तर, ~ controversy विस्तारपूर्वक विवाद या शास्त्रार्थ, ~ faith किसी सिद्धान्त या मत के सभी पहलुओं को समझ कर उसे स्वीकार करना, पूर्ण आस्था, पूर्ण विश्वास, 2 निश्चित, 3 (of person) स्पष्टवादी, साफ़-साफ़ कहने वाला [He was quite ~ about the matter]

explode इक्स्प्लोड *vt* & *i* 1 (of gunpowder, gas, boiler) विस्फोट करना या होना, धमाके से फटना, उड़ जाना, उड़ा देना, 2 ग़लत या अमान्य या अविश्वसनीय सिद्ध करना, खंडन करना [to ~ a theory], 3 ~d theory सिद्धान्त जिसे अब कोई नहीं मानता, जो ग़लत या अमान्य सिद्ध हो चुका है

exploit^{1} ऍक्स्प्लॉइट *n* बड़ा काम, कारनामा, पराक्रम, वीरता का कार्य, वीरकृत्य

exploit^{2} इक्स्प्लॉइट *vt* 1 (प्राकृतिक साधनों को) काम में लाना, उपयोग करना [to ~ natural resources]; to ~ land भूमि में खेती करना, to ~ a mine खान से खनिज निकालना, 2 (व्यक्ति से) काम लेना, अनुचित लाभ उठाना, शोषण करना

exploitation ऍक्स्प्लॉइटेशन *n* (see prec) उपयोग, समुपयोग, समुपयोजन [~ of resources], शोषण [~ of labour]

exploration ऍक्स्प्लरेशन *n* 1 छान-बीन, जाँच-पड़ताल, 2 खोज, अनुसंधान, अन्वेषण, समन्वेषण, (इलाके को) अच्छी तरह घूम-फिर कर देखना, छानना

exploratory ऍक्स्प्लॉर-टरि *a* गवेषणात्मक, अन्वेषणात्मक, अन्वेषी, प्रारंभिक, ~ talks (ब्योरेवार बातचीत का आधार ढूंढ़ने के लिए) प्रारंभिक बातचीत

explore इक्स्प्लॉर *vt* 1 (जानकारी प्राप्त करने के लिए) इलाका घूम-फिर कर देखना, प्रदेश छानना, खोजयात्रा करना, खोज करना, अन्वेषण करना [to ~ a country, region, etc], 2 (समस्या की) छान-बीन करना, जांच करना [to ~ a problem], (संभावना का) पता लगाना [to ~ the possibility of], 3 (घाव को) कुरेद कर देखना; ~r *n* खोजयात्री, गवेषणायात्री, अन्वेषक, गवेषक

explosion इक्स्प्लोश़न *n* 1 विस्फोट, धमाका, धड़ाका, 2 एकाएक होने वाला भारी परिवर्तन, **population** ~ जनसंख्या में असाधारण वृद्धि, आबादी में एकाएक भारी वृद्धि; आबादी की बाढ़, 3 (of anger etc.) भड़क उठना, आकस्मिक प्रकोप

explosive इक्स्प्लोसिव *a* & *n* 1 धमाके से फटने वाला (पदार्थ), विस्फोटक, 2 विस्फोट करने वाला (पदार्थ), विस्फोटकारक, विस्फोटकारी, 3 *fig* जिसके एकाएक उग्र रूप धारण करने की आशङ्का हो; **The situation is** ~ स्थिति ऐसी है कि किसी समय भी संघर्ष या टकराव हो सकता है; ~**ness** *n* 1 विस्फोटकता, विस्फोटकारिता, 2 गंभीरता

expo *n* (see exposition 3)

exponent ऍक्स्पोनन्ट *a* & *n* (f. expound) 1 (सिद्धान्त आदि का) प्रतिपादन करने वाला, प्रतिपादक, व्याख्या करने वाला, व्याख्याता, (पद्धति का) प्रवर्तक, 2 गायक, वादक, 3 नमूना, उदाहरण, प्रतिरूप, प्रतिनिधि, निदर्शन, 4 *math* घाताङ्क, *e.g.* 3 in a^3

export^{1} इक्सपॉर्ट *vt* (माल) बाहर भेजना, दिसावर को भेजना, निर्यात करना, ~**able** *a* निर्यात-योग्य; ~**ation** *n* माल का बाहर भेजना, निर्यात, निर्यातन; ~**er** *n* निर्यातकर्त्ता, निर्यातक

export^{2} ऍक्सपॉर्ट *n* 1 बाहर भेजा जाने वाला माल, निर्यात, 2 माल का बाहर भेजना, निर्यात, 3 ~ duty निर्यात-शुल्क; ~ promotion निर्यात-संवर्धन

expose इक्स्पोज़ *vt* 1 खुला रखना, खुला छोड़ना, to ~ sth **to** the sun, air, etc. धूप या हवा में रखना, धूप या हवा लगने देना, 2 अरक्षित छोड़ना, (सर्दी, गर्मी आदि से) बचाव का प्रबंध न करना, सर्दी या गर्मी में बाहर पड़ा रहने देना [to ~ s.o. **to** the cold, heat, etc.], 3 सामने रखना, सामना होना, सामना करना [to ~ oneself **to** danger, to be ~d **to** danger], 4 (भेद) खोलना, उघाड़ना, (रहस्य) प्रकट करना, भंडा फोड़ना, (व्यक्ति की) पोल खोलना, कलई खोलना [to ~ a secret, to ~ a villain, to ~ one's ignorance etc], 5 (बिक्री के लिए माल) प्रदर्शित करना [to ~ goods for sale], 6 (*photog*) फ़ोटो लेने के लिए कैमरे के छिद्र से फ़िल्म पर क्षण भर रोशनी पड़ने देना [to ~ a film, plate], चित्र लेना, फ़ोटो खींचना

expose′ F ऍक्स्पोज़े *n* 1 तथ्यों का विवरण, 2 भंडाफोड़

exposition ऍक्स्पज़िशन *n* 1 (सिद्धान्त का) प्रतिपादन, (ग्रन्थ आदि की) व्याख्या, टीका, 2 वर्णन, विवरण, 3 (विक्रेय माल की) प्रदर्शनी, नुमाइश, *abbr* expo

expositor ऍक्सपॉज़िटर *n* (see prec) प्रतिपादक, व्याख्याता, टीकाकार

ex post facto L ऍक्स पोस्ट फ़ैक्टो *a* & *adv* 1 बाद की कार्यवाही जो पहले मामलों पर (भी) लागू हो 2 बाद में पास किया गया कानून आदि; *adv* It is undesirable to legislate ex post facto बाद में कानून पास करके उसे पहले के मामलों पर लागू करना अवांछनीय है, *adj* [ex post facto legislation is undesirable]; ex post facto sanction बाद में दी गई मंजूरी, कार्योत्तर मंजूरी

expostulate इक्स्पॉस्चुलेट *vi* सविनय आपत्ति करना, सविनय विरोध या प्रतिरोध करना, मित्रतापूर्वक शिकायत करना, उलाहना देना [to ~ **with s.o. about, on,** sth]; **expostulation** *n* सविनय आपत्ति या विरोध या शिकायत, उलाहना, **expostulatory** *a* विरोधात्मक, उलाहने का

exposure इक्स्पोश़र *n* (see expose) 1 बाहर छोड़ दिया जाना, धूप या हवा में रखा रहना, सर्दी लग जाना, सर्दी खा जाना [~ **to** the sun, cold etc], 2 अरक्षित छोड़ दिया जाना, अरक्षित अवस्था, बचाव का प्रबंध न होना, 3 (विक्रेय माल की) प्रदर्शनी, नुमाइश, 4 भेद खोलना या खुलना, रहस्योद्घाटन, (छल, कपट आदि का) भंडा फोड़ [~ of the plot etc], 5 (कैमरे से) फ़ोटो लेना

expound इक्स्पाउन्ड *vt* 1 (सिद्धान्त का) प्रतिपादन करना [to ~ a doctrine etc], 2 (धर्मशास्त्र आदि की) व्याख्या करना [to ~ the scriptures], स्पष्ट करके बताना, समझाना [to ~ one's views **to** s.o.]

express^1 इक्स्प्रेॅस *a*, *adv* & *n* 1 स्पष्ट शब्दों में कहा हुआ, व्यक्त, अभिव्यक्त [~ agreement], 2 विशेष, विशिष्ट, ख़ास, for this ~ purpose खास इसी काम के लिए, **3 express train** तेज़ गाड़ी, एक्सप्रेस गाड़ी, ~ **lift** हर मंजिल पर न रुकने वाली लिफ़्ट, **4 express delivery** (डाक आदि का) तुरत वितरण; *adv* तुरन्त, शीघ्रता से, तेज़ी से, झटपट, to go ~ तेज़ी से जाना; to travel ~ एक्सप्रेस गाड़ी से जाना; *n* एक्सप्रेस गाड़ी; द्रुतगामी सन्देशवाहक या हरकारा; ~**ly** *adv* साफ़ शब्दों में, स्पष्टतया [You were ~ly forbidden to enter the room]; विशेषत:, ख़ास कर [I came here ~ly to see you]

express^2 *vt* 1 (विचार आदि) व्यक्त करना, अभिव्यक्त करना, प्रकट करना, ज़ाहिर करना [to ~ a wish, to ~ one's thoughts], 2 बताना, जताना, कहना, सूचित करना, **3 to ~ oneself** अपनी बात कहना, अपने विचार व्यक्त करना [He ~ed himself strongly on the subject], 4 to ~ (juice, oil, air) **from, out of...** रस निचोड़ना, तेल निकालना, हवा निकालना (*N.B.* In this sense 'to press' is more usu)

expression इक्स्प्रेॅशन *n* (see prec) 1 (विचार आदि की) अभिव्यक्ति, कथन [to give ~ **to** one's fears, gratitude, etc], 2 शब्द, शब्दावली, पदावली, (लिखने की) शैली, उक्ति, मुहावरा, 3 भावभंगी, मुद्रा, मुखमुद्रा, आकृति, मुखाकृति, 4 स्वर, बोलने का ढंग, लहजा, ~**less** *a* अभिव्यक्तिरहित; (of face) भावशून्य

expressionism इक्सप्रेॅश-निज़म *a* (चित्रकला, नाटक, संगीत आदि की) शैली जिसमें वास्तविकता की अपेक्षा कलाकार की मानसिक अनुभूति की अधिक अभिव्यक्ति होती है, अभिव्यंजनवाद

expressive इक्स्प्रेॅसिव *a* 1 (भाव आदि का) व्यंजक, अभिव्यंजक, वाचक, सूचक, दर्शक, ~ of regard, hatred, etc आदरसूचक, घृणासूचक, 2 (of word, gesture, etc.) सार्थक, अर्थपूर्ण; ~**ness** *n* 1 व्यंजकता, अभिव्यंजकता, भाव को व्यक्त करने की क्षमता, 2 (of word etc.) अर्थवत्ता, सार्थकता, अर्थ को स्पष्ट करने की क्षमता

expropriate ऍक्स्प्रोप्रियेट *vt* 1 (माल, जायदाद, अधिकार आदि) छीन लेना, ज़ब्त कर लेना, स्वत्वहरण करना, अधिकारच्युत करना, 2 निकाल बाहर करना, (जागीर आदि से) बेदख़ल करना [to ~ s.o. **from** an estate]

expropriation *n* 1 स्वत्वहरण, 2 स्वामित्वहरण

expulsion इक्स्पल्शन *n* (f. expel) निकालना, निकाल देना, निष्कासन, बहिष्करण, बहिष्कार [expulsion **from** school, society, etc]

expunction इक्स्पङ्क्शन *n* (f. foll.) उन्मार्जन

expunge इक्स्पन्ज *vt* (सूची से नाम, किताब से पैरा) निकाल देना, काट देना [to ~ a name **from** the list, to ~ a passage **from** a book]

expurgate ऍक्स्पर्गेट *vt* (पुस्तक से) आपत्तिजनक अंश निकाल देना [to ~ a book etc., to ~ objectionable matter], परिष्कार करना, ~**d** edition परिष्कृत या परिशोधित संस्करण; **expurgation** *n* परिष्करण, परिशोधन; **expurgator** *n* परिष्कारक

exquisite ऍक्स्क्विज़िट *a* 1 उत्कृष्ट, अत्युत्तम, उच्च कोटि का [~ workmanship], 2 अति सुन्दर, रमणीय, 3 ~ pleasure, enjoyment विशेष आनन्द, बहुत ख़ुशी, बड़ा मज़ा, 4 ~ pain, torture भयङ्कर पीड़ा या वेदना, घोर यातना, 5 सूक्ष्मग्राही, तीव्र [~ sensibility]

ex-serviceman *n* भूतपूर्व सैनिक

extant ऍक्सटैन्ट *a* (of manuscript, document, building) (काल-विशेष में) वर्तमान, विद्यमान, मौजूद, (of custom) प्रचलित, चालू

extemporaneous ऍक्स्टेॅम्परेनियस *a* बिना तैयारी का, बिना तैयारी के किया हुआ; तत्काल प्रस्तुत, आशु; ~**ly** *adv* बिना तैयारी के

extempore ऍक्स्टेॅम्परि *adv* & *a* तत्काल, तुरन्त, बिना तैयारी के [**to speak** ~]; *a* तत्काल किया हुआ, बिना तैयारी का, आशु [an extempore speech]

extemporize इक्स्टेॅम्पराइज़ *vt* & *i* 1 (कोई चीज़) बिना तैयारी के बनाना, to ~ a poem तत्काल कविता करना, आशुकविता करना, 2 *vi* बिना तैयारी के बोलना

extend इक्स्टेॅन्ड *vt* & *i* 1 (शरीर, शरीर के अंगों आदि को) पूरा फैलाना, लंबा करना, पसारना,

तानना, 2 (रेखा, क्षेत्र आदि) बढ़ाना, लंबा करना, खींच ले जाना, विस्तार करना, 3 देना, to ~ kindness, patronage, a welcome **to** s.o. किसी पर दया करना, किसी को संरक्षण देना, किसी का स्वागत करना, 4 *vi* to ~ **to** a point स्थान तक पहुंचना या जाना या फैला हुआ होना [Our territory ~ to the sea], to ~ **over, across,** a space स्थान या प्रदेश में फैला हुआ होना, व्यापना

extendible, extensible *aa* जिसे खींचा या बढ़ाया या फैलाया जा सके, विस्तारणीय, वितान्य; **extensile** *a* वितान्य

extension इक्स्टे॑न्शन *n* 1 विस्तार, प्रसार, वितान, फैलाव, लंबाई-चोड़ाई, 2 वृद्धि, वर्द्धन, परिवर्द्धन, to seek an ~ of time और समय मांगना, मियाद बढ़वाना, 3 साथ जोड़ा गया भाग, बढ़ाया गया भाग, अतिरिक्त भाग, शाखा, 4 *gram* कर्ता या विधेय का विस्तार (करने वाले शब्द), 5 ~ **course** बहिरंग (छात्रों के लिए) अध्यापन-क्रम; (नियमित अध्यापन के) अतिरिक्त अध्यापन-क्रम

extensive इक्स्टे॑न्सिव *a* 1 (of space) फैला हुआ, विस्तृत, विस्तीर्ण, विशाल, लंबा-चोड़ा, बड़ा, 2 दूरप्रभावी, व्यापक; ~ knowledge व्यापक या विस्तृत ज्ञान, 3 ~ **agriculture** उपज बढ़ाने के लिए अधिक भूमि में खेती करना, भू-प्रधान कृषि (cf. intensive); ~ly *adv* बड़े पैमाने पर, बहुत, अधिक, to use sth ~ किसी चीज से बहुत काम लेना, किसी चीज का बहुत प्रयोग करना

extent इक्स्टे॑न्ट *n* 1 जहां तक कोई चीज फैली हुई हो, हद, सीमा, 2 विस्तार, फैलाव, मात्रा, परिमाण, 3 जहां तक कोई बात लागू होती हो, (लागू होने की) हद, सीमा, to what ~ किस हद तक, कहां तक, to a certain ~ कुछ हद तक, 4 विस्तृत प्रदेश या क्षेत्र, लंबा-चोड़ा इलाका [a vast ~ of marsh]

extenuate इक्स्टे॑न्युएट *vt* (दोष, अपराध आदि) कम कर के बताना या दिखाना, घटाना, यह कहना कि अपराध इतना बड़ा नहीं है जितना कि समझा जा रहा है [to ~ an offence]; **extenuating** *a* लघूकारी; **extenuation** *n* 1 आंशिक दोषमार्जन, लघूकरण, to plead sth in extenuation of an offence अपराध की गुरुता कम करने के लिए कोई दलील देना

exterior इक्स्टिअरिअर' *a & n* बाहर का, बाहरी, बाह्य; ~ **angle** बहिष्कोण; *n* 1 बहिर्भाग, बाह्य भाग, 2 बाहरी रूप, प्रकट रूप, (व्यक्ति का) रूप-रंग [a man of pleasant ~]; **~ity** *n* बाह्यता; **~ly** बाहर से, ऊपर से

exterminate. इक्स्टर्मिनेट *vt* (जाति, संप्रदाय, मत, विश्वास) मिटाना, मटियामेट करना, ख़त्म करना, निर्मूल करना, उन्मूलन करना, **extermination** *n* ख़ातमा, उन्मूलन, मूलोच्छेदन; **exterminator** *n* उन्मूलक

external इक्स्टर्नल *a & n* 1 बाहर का, बाहरी, बाह्य, ~ **world** बाह्य जगत्, इन्द्रियगोचर जगत्, ~ **evidence** बाह्य साक्ष्य, 3 शरीर पर लगाने या मलने का [medicine for ~ application], 4 विदेश-संबंधी, वैदेशिक, परराष्ट्रसंबंधी; (*n pl*) ~s 1 बाहरी रूप-रंग, 2 बाह्य परिस्थितियां, 3 अनावश्यक तत्व; **~ize** *vt* बाहर को मोड़ना, बहिर्वर्ती बनाना

exterritorial *a* =extra-territorial; **exterritoriality** *n* =extra-territoriality)

extinct इक्स्टिङ्क्ट *a* 1 (of fire etc.) बुझा हुआ, निर्वापित, 2 (of volcano) जिसने लावा उगलना बंद कर दिया हो, 3 (of hope, life, race, species) विलुप्त, विनष्ट, उच्छिन्न, 4 जो प्रयोग में न आता हो, अप्रचलित, लुप्त

extinction *n* (f. prec) 1 बुझना, बुझाना, निर्वापन [~ of fire], 2 विलोप, विनाश, उच्छेद, समाप्ति [A nuclear war may lead to the ~ of the human race], 3 (ऋण का) चुकाव

extinguish ऍक्स्टिङ्ग्विश *vt* 1 (आग, बत्ती, रोशनी) बुझाना, ठंडा करना, गुल करना, 2 (जीवन, आशा, अधिकार का) अन्त करना, समाप्त करना, विलुप्त करना, उन्मूलन करना [to extinguish life, hope, a right], 3 (किसी को) मात करना, पीछे छोड़ देना, (किसी से) आगे निकल जाना, बाजी ले जाना [usu in *pass*:, to be ~ed by s.o.], 5 (प्रतिपक्षी को) चुप करा देना, 6 नष्ट करना, अस्तित्व मिटा देना, ख़त्म करना, 7 (ऋण) चुका देना; **~er** *n* बत्ती बुझाने की टोपी, **fire-extinguisher** आग बुझाने का यन्त्र, अग्निशामक

extirpate ऍक्सटर्पेट *vt* (पेड़, जाति, राष्ट्र, रसौली, नास्तिकता आदि का) समूलोच्छेद करना, उन्मूलन करना, जड़ से उखाड़ना, ख़त्म करना, मिटा देना [to ~ a tree, species, nation, tumour, etc]; **extirpation** *n* समूलोच्छेद, समूलोच्छन, उन्मूलन

extol इक्स्टो॑ल *vt* बड़ाई करना, बहुत प्रशंसा करना, गुणगान करना, to ~ **s.o. to the skies** किसी की तारीफ़ के पुल बांध देना **(see exalt, 2)**

extort इक्स्टॉर्ट *vt* 1 (जबरदस्ती या डरा-धमका कर या बहुत आग्रह करके) किसी से रुपया ऐंठना [to ~ money **from** s.o.], किसी से वचन लेना [to ~ a promise **from** s.o.], 2 to ~ a confession of guilt जबरदस्ती अपराध स्वीकार करवाना, 3 (शब्दों, तथ्यों से) तोड़-मरोड़ कर अर्थ या निष्कर्ष निकालना [to ~ a meaning, an inference, **from** words, data, etc]

extortion इक्स्टॉर्शन *n* जबरदस्ती वसूली, बलात्-ग्रहण

extortionate इक्स्टॉर्शनिट *a* 1 जबरदस्ती वसूल करने वाला, 2 (of prices etc.) बहुत अधिक, हद से बढ़ कर

extra^1 ऍक्स्ट्र: *a, adv* & *n* 1 अतिरिक्त, फ़ालतू, एक और, कुछ और, अधिक [~ dish, ~ charge, ~ bus], 2 साधारण से अधिक [rope of ~ strength]; *adv* साधारण से बढ़ कर [~ strong binding), ~ smart बहुत चुस्त या चालाक; *n* अतिरिक्त वस्तु [जिसके लिए अतिरिक्त दाम देने पड़ें], music and dancing are ~ संगीत और नृत्य के लिए अलग फ़ीस ली जाती है; *crick* बल्ला मारे बिना बनने वाले रन, अतिरिक्त रन; *cinema* छोटे-मोटे पार्ट के लिए थोड़ी देर रखा हुआ व्यक्ति, अतिरिक्त व्यक्ति

extra-^{2} (L. *prep* used as prefix in English), बाहर, बहिः

extract^1 ऍक्स्ट्रैक्ट *n* 1 (किसी चीज़ का) निचोड़, रस, अर्क, 2 (ग्रन्थ आदि का) उद्धरण, सार, सारांश, निष्कर्ष; ~s चुने हुए अंश

extract^2 इक्स्ट्रैक्ट *vt* 1 (रस) निकालना, 2 (ग्रन्थ आदि से अंश) उद्धृत करना, 3 (दांत, गड़ी हुई चीज़) निकालना, उखाड़ना [to ~ a tooth, nail], 4 ज़बरदस्ती (रुपया) वसूल करना, 5 to ~ a confession **from** s.o. किसी से जबरदस्ती अपराध मनवाना, 6 *math* संख्या का मूल निकालना [to ~ the root of a number]

extraction इक्स्ट्रैक्शन *n* (see prec) उत्पत्ति, जन्म, वंश, मूल, of Indian ~ भारतीय मूल का

extra-curricular ऍक्स्ट्र:-करिक्युलर *a* पढ़ाई के अतिरिक्त, पाठ्येतर

extraditable ऍक्स्ट्र-डाइटबल *a* (see foll) प्रत्यर्पणीय (अपराधी); ~ crime अपराध जिसका अभियुक्त प्रत्यर्पणीय हो

extradite ऍक्स्ट्रडाइट *vt* (विदेश से भाग कर आये हुए अपराधी को) स्वदेश भेजना, लौटाना, प्रत्यर्पित करना; **extradition** ऍक्स्ट्रडिशन *n* प्रत्यर्पण

extra-judicial *a* 1 न्यायालय में पेश मामले से असंबंधित, विचाराधीन मामले से असंबद्ध, 2 अवैध, 3 न्यायालय से बाहर का, ~ confession अपराध-स्वीकृति जो न्यायालय के सामने न हुई हो

extra-mural ऍक्स्ट्रम्युअरल *a* 1 नगर की चारदीवारी से बाहर का, शहर के बाहर का, 2 अतिरिक्त पाठ्यक्रम का, बाहर के छात्रों के लिए

extraneous इक्स्ट्रेनिअस *a* 1 बाहर का, बाहर से आया हुआ, बाह्य, 2 इतर, अप्रासंगिक, असंगत, असंबद्ध, to be extraneous to the matter in hand विचाराधीन विषय से कोई संबंध न होना

extraordinary इक्स्ट्रॉडिनरि *a* 1 असाधारण, (of officials etc) अतिरिक्त, विशेष, **envoy extraordinary** विशेष दूत (=राजदूत से अवर अधिकारी), 2 विलक्षण, अनोखा, आश्चर्यजनक, अजीब, 3 बहुत बड़ा, बृहत्; **extraordinarily** *adv* असाधारणतया; **extraordinariness** *n* असाधारणता, विलक्षणता

extraterritorial ऍक्स्ट्र-टॅरिटॉरियल *a* 1 (of ambassadors etc), 1 देश के कानून से मुक्त, 2 देश से बाहर का, ~ loyalty विदेश के प्रति निष्ठा, दूसरे देश के प्रति वफ़ादारी; ~**ity** *n* 1 देश के कानून से मुक्ति या छूट, 2 विदेश के प्रति निष्ठा

extravagance इक्स्ट्रैवगन्स *n* 1 अतिव्ययिता, फ़जूलखर्ची, 2 अत्युक्ति, बेतुकी बात, मूर्खता का काम

extravagant इक्स्ट्रैवगन्ट *a* 1 बेहद, हद से ज़्यादा, बहुत अधिक [~ praise, price, etc], 2 मर्यादा से बढ़ कर, अमर्यादित, असंयत, 3 (of person) अतिव्ययी, फ़जूलखर्च, खर्चीला, उड़ाऊ; ~**ly** *adv* 1 बित्त या तौफ़ीक से बढ़ कर, 2 to talk extravagantly मूर्खता की बातें करना

extravaganza इक्स्ट्रैव-गैन्ज़: *n* 1 हास्यजनक संगीत रचना या साहित्यिक कृति [musical, literary, ~], 2 असंयत भाषा या आचरण, 3 प्रहसन; अद्भुत या शानदार मनोरंजन

extravert=extrovert

extreme^1 इक्स्ट्रीम *a* 1 सब से अगला, सब से परला, सिरे का; extreme end परला सिरा, परला छोर, 2 चरम, पराकाष्ठा तक पहुंचा हुआ, परले सिरे का, परले या हद दर्जे का, ~ foolishness परले दर्जे की मूर्खता, 3 अति, अत्यन्त, अतिशय, आत्यन्तिक, बहुत अधिक, extreme old age अति वृद्धावस्था, ~ danger बड़ा भारी ख़तरा, 4 सख्त, कठोर, उग्र; ~ **step** *or* **action** कठोर कदम या कार्यवाही, ~ views *or* opinions उग्र विचार, **to hold ~ views** उग्रपन्थी होना, चरमपन्थी होना, 5 अन्तिम, ~ **unction** पादरी द्वारा मरणोन्मुख व्यक्ति को लेप लगाने का संस्कार, विलेपन संस्कार, 6 असाधारण, **an ~ case** असाधारण उदाहरण या मामला

extreme^2 *n* 1 सिरा, छोर, अन्त, सीमा, सीमान्त, चरम सीमा, पराकाष्ठा, **to go to ~s** मामले को हद तक पहुंचाना, किसी बात की पराकाष्ठा करना, उग्रपन्थी या चरमपन्थी होना, **to go to the other ~** बिल्कुल उल्टी कार्यवाही करना, 2 **in the ~** बेहद, हद से ज्यादा, बहुत अधिक, अत्यन्त, अतिशय, नितान्त; ~**ly** *adv* अति, अत्यन्त, नितान्त, बेहद

extremism इक्स्ट्रीमिज़्म *n* अतिवाद, उग्रवाद, उग्रवादिता; **extremist** *n* उग्रपन्थी, उग्रवादी

extremity इक्स्ट्रेमिटि *n* 1 सिरा, छोर, नोक, किनारा, सीमा, हद, आख़ीर, अन्त, **the extremities** हाथ-पाँव, 2 संकट, विपत्ति, मुसीबत, परेशानी

extricate ऍक्स्ट्रिकेट *vt* (फंसे हुए को) निकालना, छुड़ाना, (कष्ट से) उबारना, उद्धार करना, (बन्धन से) मुक्त कराना [to ~ s.o., oneself, **from** a difficulty etc], (उलझी हुई चीज़ को) सुलझाना; **extrication** *n* 1 छुटकारा, उद्धार, निस्तार, मुक्ति, 2 सुलझाव

extrinsic ऍक्स्ट्रिन्सिक *a* 1 बाहर का, बाहरी, बाह्य [~ influences]; ऊपर का, ऊपरी, 2 असहजात

extroversion ऍक्स्ट्रवर्शन *n* बहिर्मुखता

extrovert ऍक्स्ट्रवर्ट *a & n* (*psych*) जिसका ध्यान (अन्तर्जगत् से हट कर) बहिर्जगत् पर लगा हो, बाह्य जगत् में विचरने वाला, बहिर्मुख, बहिर्वृत्ति

extrude ऍक्स्ट्रूड *vt* 1 (व्यक्ति, पदार्थ को) बाहर निकालना, बाहर धकेलना, बाहर फेंकना, 2 (धातु या प्लास्टिक को) सांचे में धकेल कर आकार देना

extrusion ऍक्स्ट्रूश़न *n* 1 बहिर्निष्कामन, 2 संपीड़न, ~ moulding पेच-ढलाई

exuberance इग्ज़्यूबरन्स *n* 1 प्रचुरता, आधिक्य, बाहुल्य, पुष्कलता, 2 समृद्धि, सम्पन्नता, 3 उत्साह, जोश, ज़िन्दादिली

exuberant इग्ज़्यूबरन्ट *a* 1 प्रचुर, अधिक, बहुल, विपुल, पुष्कल, भरा-पूरा, 2 बहुत फलने वाला, बहुफलदायक, जिस पर बहुत फल आया हो, हरा-भरा, 3 ~ **health** ऐसा स्वास्थ्य कि व्यक्ति का रंग टपकता हो, बहुत अच्छा स्वास्थ्य [He is in ~ health], 3 (of emotions) उमड़ता हुआ, फ़व्वारे की तरह छूटता हुआ, अदम्य, 4 (of person) दिल खोल कर काम करने वाला, उत्साहपूर्ण, उल्लासपूर्ण, ज़िन्दादिल, 5 (of lang) समृद्ध, अलंकारमय

exuberate इग्ज़्युबरेट *vi* उत्साह से भरा होना; अपने में न समा पाना

exudation ऍक्स्यूडेशन *n* (f. foll) स्राव, स्रवण, ~ of sap (पेड़ के) रस का स्राव

exude इग्ज़्यूड *vi & t* रिसना, चूना, टपकना, थोड़ा-थोड़ा कर के बह निकलना [Perspiration ~s through the pores]; *vt* निकालना, छोड़ना [to ~ a sweet, foul, smell]

exult इग्ज़ल्ट *vi* 1 बहुत प्रसन्न होना, खुशी से फूला न समाना, आनन्द मनाना, आनन्दविभोर होना, उल्लसित होना, to ~ **at, in,** sth; to ~ **to find that...** [It was natural for Sita to ~ at Rama's victory], 2 to ~ **over** s.o. किसी को परास्त कर विजयोत्सव या खुशियां मनाना [Rama defeated Ravana, but did not ~ over his fallen enemy]

exultancy *n* =exultation

exultant इग्ज़ल्टन्ट *a* 1 आनन्दित, आनन्दविभोर, उल्लसित, 2 विजय पर गर्व करने वाला, विजयोत्सव मनाने वाला; ~**ly** *adv* विजयी की भांति, विजय के गर्व से [He spoke ~ly]

exultation इग्ज़ल्टेशन *n* उल्लास, विजयोल्लास, विजय का गर्व या अभिमान

ex voto L ऍक्स वोटो *adv & n* मन्नत पूरी करने के लिए (दी गई भेंट); मन्नत का उपहार

eye आइ *n* 1 आंख, नयन, नेत्र, **an eye for an eye** आंख के बदले आंख; उसी तरह का बदला लेना, जैसे को तैसा, प्रतिशोध की भावना, 2 आँख के आस-पास की जगह, **black ~** आंख जिसके आस-पास की त्वचा चोट लगने से नीली पड़ गई हो, **to give s.o. a black eye** किसी को ऐसी चोट लगाना कि उसके आँख के आस-पास की त्वचा नीली पड़ जाये, 3 ~ **of a needle** सुई का नाका, 4 परख, पहचान, समझ, **to have an ~ for beauty etc** सौन्दर्य की पहचान होना, 5 देखने की शक्ति, **If you had half an eye** यदि तुम तनिक भी ध्यान से देखते, 6 दृष्टिकोण, दृष्टि, विचार **in the ~s of s.o.** किसी की दृष्टि में, **in the ~ of the law** कानून की दृष्टि में, 7 *idioms*: **to be all ~s** बड़े ध्यान से देखना, टकटकी बांध कर देखना, **to be in the public ~** (व्यक्ति का) सार्वजनिक सभाओं या सम्मेलनों में प्रायः देखा जाना, He is very much in the public ~ उसे हर कोई जानता है, वह जाना-माना आदमी है; **to be up to the eyes in work** काम में बहुत मग्न होना; **to catch** s.o.'s ~ किसी की निगाह में आना, किसी का ध्यान (अपनी ओर) आकृष्ट करना, (*Parl*) **to catch the Speaker's ~** (संसद् में) बोलने की अनुमति पाना (also see catch^1, 7); **to have an** eye on the situation स्थिति पर नज़र रखना; **to have an ~ to sth** (कोई बात) अपना उद्देश्य होना, का ख़याल रहना [He always has an ~ to business]; **to keep an ~ on s.o.** किसी पर निगाह रखना, किसी की निगरानी करना, **to keep one's ~s open** *or* **skinned** (for) आंखें खुली रखना, सजग या जागरूक रहना, **to make ~s at s.o.** किसी को प्रणयदृष्टि से देखना; **to open s.o.'s** ~s किसी की आंखें खोल देना, किसी को असलियत बताना या समझाना, **to see ~ to ~ with s.o.** किसी से पूर्णतया सहमत होना, एक विचार का होना, **to shut one's ~s to the faults of** s.o. किसी के दोषों की अनदेखी करना, **to throw dust in s.o.'s ~s** (see dust^1); **with an ~ to** sth के विचार या उद्देश्य से, की आशा से, 8 *comb*: ~**ball,** आँख का डेला, नेत्रगोलक, ~**-bath,** ~**-cup** आंख धोने की छोटी प्याली, ~**brow** भौंह, भृकुटी, **to knit one's** ~brows भौंहें चढ़ाना या तानना, भौंहें सिकोड़ना, ~**lash** बरौनी, ~**lid** पलक, ~**-opener** आंखें खोल देने वाली बात या घटना, ~**piece** दूरबीन का वह शीशा जो आंख के निकट रखा जाता है, ~**shot** जहां तक नज़र जा सके [beyond, in, out of, eyeshot]; ~**sight** आंखों की रोशनी, दृष्टि, नज़र; ~**sore** अति कुरूप वस्तु, आंख का कांटा [to be an ~sore to s.o.], ~**-wash** (i) आंख में डालने की दवा, (ii) (*sl*) धोखा, पाखंड, दिखावा, ढकोसला, कहने की बातें, ~**witness** गवाह जिसने कोई घटना स्वयं देखी हो, चश्मदीद गवाह; प्रत्यक्षसाक्षी, प्रत्यक्षदर्शी, ~witness account आंखों देखा वर्णन या वृत्तान्त या हाल

eyelet आइलिट *n* 1 (फ़ीता या छल्ला या रस्सी पिरोने के लिए कपड़े या पाल में बना) छोटा छिद्र, 2 =loop-hole, 1

eyrie, aerie ऐंअरि, इयरि *n* 1 उकाब या किसी अन्य शिकारी पक्षी का घोंसला (जो बहुत ऊंचा होता

है), ऊंचा घोंसला, 2 ऊंची पहाड़ी पर बना मकान

Ff

F,f ऍफ़ अंग्रेज़ी वर्णमाला का छठा वर्ण; *abbrs:* **F.A.O.**(Food and Agriculture Organisation) (संयुक्तराष्ट्र की) खाद्य और कृषि संस्था, **F.I.R.** (first information report) प्रथम सूचनाकी रिपोर्ट, **F.O.B.** (free on board) जहाज़-भाड़े सहित दाम, **F.O.R.** (free on rail) रेल-भाड़े सहित दाम; **F.R.C.P.** (Fellow, Royal College of Physicians), **F.R.C.S.** (Fellow, Royal College of Surgeons), **F.R.G.** (Federal Republic of Germany) पश्चिम जर्मनी, **F.M.** (Field Marshal)

Fabian फ़ेबिअन *a* शत्रु को परेशान करने के लिए बड़ी सावधानी से और अत्यन्त धीरे-धीरे क़दम उठाने वाला अर्थात् एक दम टक्कर न लेने वाला, ~ **policy** विलंबकारी नीति, धीरे-धीरे परिवर्तन लाने की नीति

fable^{1} फ़ेबल *n* 1 देवी-देवताओं या परियों से संबंधित कल्पित कथा, पौराणिक कथा, 2 उपदेशात्मक (लघु) जन्तुकथा, 3 गप, गढ़न्त बात, कपोल-कल्पना, झूठा बयान, 4 *arch* (नाटक का) कथानक, कथावस्तु

fable^{2} *vi* & *t* झूठ कहना; (*pp*) **fabled** 1 जिसका वर्णन अनेक उपाख्यानों या पौराणिक कथाओं में आया हो, पुराण-प्रसिद्ध, 2 कल्पित, अवास्तविक

fabric फ़ैब्रिक *n* 1 अवयवों को जोड़ कर बनाई हुई चीज़, 2 इमारत की दीवारें, फ़र्श और छत, 3 ढांचा, रचना, बनावट [the ~ of society], 4 कपड़ा, वस्त्र; cotton, silk, woollen ~s सूती, रेशमी, ऊनी कपड़े

fabricate फ़ैब्रिकेट *vt* 1 निर्माण करना, बनाना, 2 (झूठी बात) बनाना, (झूठी ख़बर) गढ़ना, 3 जाली (दस्तावेज़) बनाना [to ~ a will etc]

fabrication फ़ैब्रिकेशन *n* 1 निर्माण, 2 गढ़न्त, मनगढ़न्त, कपोल-कल्पना [It's pure ~], 3 जालसाज़ी, जाली या झूठा दस्तावेज़ आदि [a pure ~]

fabricator *n* 1 निर्माता, 2 झूठी बात बनाने वाला, 3 जालसाज़ी करने वाला, जालसाज़

fabulist फ़ैब्युलिस्ट *n* (see fable) 1 कल्पित कथा या जन्तुकथा लिखने वाला, जन्तुकथाकार, 2 झूठा, गप्पी, गपोड़िया

fabulous फ़ैब्युलस *a* 1 पौराणिक कथाओं में वर्णित [~ heroes]; अनैतिहासिक, पौराणिक, 2 अविश्वसनीय कल्पित, 3 बहुत अधिक, अपरिमित, अपार [~ price, riches, sum]

façade फ़साड *n* (मकान का) सामने का भाग, सामना, मत्था, मोहरा

face^{1} फ़ेस *n* 1 मुख, मुंह, चेहरा, **to look s.o. in the ~** किसी से आंख मिलाना [I cannot look him in the ~], to show one's ~ मुंह दिखाना, आना, उपस्थित होना; He won't show his ~ here again वह फिर यहां आने का साहस नहीं करेगा; ~ **to** ~ आमने-सामने, सम्मुख [I'll bring the two parties ~ to ~]; **to set one's ~ against** sth किसी बात का दृढ़ता से विरोध करना, किसी बात का विरोध करने की ठान लेना; **to fly in the ~ of** Providence विधाता की खुल्लमखुल्ला अवज्ञा करना; to fly in the ~ of facts तथ्यों के प्रतिकूल जाना, तथ्यों की अवहेलना करना, **in (the) ~ of** के बावजूद, के होने पर भी, [in the ~ of danger]; **to s.o.'s ~** किसी के मुंह पर, I told him so to his ~ मैंने यह बात उसके मुंह पर कह दी; Her ~ is her fortune उसका सौन्दर्य उसका सौभाग्य है, 2 मुखाकृति, मुखमुद्रा, **to pull, wear, a long ~** मुंह फुलाना, मुखमुद्रा गंभीर हो जाना; **to make, pull, ~s at s.o.** किसी को मुंह चिढ़ाना, 3 धृष्टता, गुस्ताख़ी, दुस्साहस, ढिठाई, निर्लज्जता; **to have the ~ to do** sth कोई काम करने का दुस्साहस करना [He had the ~ to tell me so], 4 बाहरी रूप, प्रकट रूप, बाहरी दिखावा, **on the ~ of it** देखने में, प्रकटतः, प्रकट रूप में, ज़ाहिरा तौर पर, स्पष्टतः, His evidence is false on the ~ of it उसका बयान स्पष्टतः झूठा है, **to put a new ~ on** sth किसी चीज़ का बाहरी रूप बदल देना, **to put a good ~ on a matter** किसी (बुरे) मामले को अच्छे रूप में पेश करना [A lawyer puts the best ~ on the misdeeds of his client]; **to put a bold ~ on a matter** किसी बात का साहस से सामना करना, **to lose ~** लज्जित होना, बेइज्ज़ती होना, हेठी होना, मान घटना, साख खोना, **to save** (**one's** *or* **s.o.'s**) **~** बात रखना, आन रखना, लाज रखना, **5** (i) सतह , from the ~ of the earth धरती की सतह से, धरातल से, (ii) आगा, सामना, (मकान का) मत्था, पहलू, ओर, (सिक्के का) चेहरा, (घड़ी का) डायल, 6 (*comb:*) **face-lift(ing)** चेहरे की

झुरियाँ दूर करने का आपरेशन, सौन्दर्यवर्धन; **face-saving** *a* इज्ज़त या लाज रखने का [This will give him a ~-saving way out]; **face-value** (सिक्के, नोट का) अंकित मूल्य, प्रत्यक्ष मूल्य

face² *vt* & *i* **1** (डटकर) सामना करना, मुकाबला करना [to ~ dangers], **2** सामने आना या होना, उपस्थित होना [the problems that ~ us], **3 to ~ the music** संकट या आलोचकों का साहस से सामना करना, संकट की घड़ी में हिम्मत न हारना, मुसीबत झेलना, भुगतना, **4 to ~ up to** sth का साहसपूर्वक सामना करना, से न घबराना, **to ~ upto** the task काम से जी न चुराना, न घबराना; **5 to ~ the matter out** साहसपूर्वक काम पूरा करना, हिम्मत न हारना, **6 to ~ the opponent down** प्रतिपक्षी या विरोधी को अपनी दृढ़ता या धमकियों से पछाड़ देना, **7** *vi* किसी तरफ़ मुँह करना या होना, किसी दिशा में (इमारत का) आगा या मत्था होना [The house ~s north]

facet फ़ैसिट *n* अनेक पहलुओं वाले पदार्थ (वि० तराशे हुए हीरे आदि का) एक पहलू, रुख़, मुख, पक्ष

facetiae फ़सीशिई *n pl* **1** हास्य-विनोद, हँसी-मज़ाक, **2** (पुस्तकों के सूचीपत्र में) अश्लील पुस्तकें

facetious फ़सीशस *a* **1** मखौलिया, मसख़रा, हँसोड़, विनोदी, विनोदशील, **2** मज़ाकिया, हँसी-मज़ाक का, विनोदपूर्ण; **~ly** *n* उपहास में, मज़ाक में, हँसी-मख़ौल में; **~ness** *n* **1** विनोदशीलता, विनोदप्रियता, **2** मज़ाकियापन, मसख़रापन

facial फ़ेशल *a* मुख का, चेहरे का, ~ expression मुखाकृति, मुखमुद्रा

facile फ़ैसाइल *a* **1** (of work, victory, etc) आसान, सरल, सुकर, जिसमें कष्ट या कठिनाई न हो, **2** (व्यक्ति) जो आसानी से कर सके, कुशल, सिद्धहस्त [He is a ~ liar], **3** (लेखन शैली) प्रवाहमयी, धाराप्रवाह [**He wields a ~ pen**], **4** सहज में मान लेने वाला, नरम

facilitate फ़सिलिटेट *vt* आसान बनाना, सुकर या सुगम बनाना, सुविधा देना, सुभीता करना; **facilitation** *n* सुविधा-सेवा

facility फ़सिलिटि *n* **1** आसानी, सहूलियत; सुविधा, सुभीता [to give, enjoy, facilities **for** doing sth]; esp in *pl* काम करने के साधन, साज़ सामान, उपस्कर [facilities **for** study, travel, etc.], **2** (भाषण आदि में) प्रवाह, प्रवाहशीलता, कुशलता

facing फ़ेसिङ्ग *n* **1** (किसी चीज़ पर किसी भिन्न पदार्थ की) तह, परत, लेप, प्लस्तर, रोग़न, **2** in *pl* (सैनिक की जाकिट के) कफ़ और कालर आदि (जो जाकिट से भिन्न वर्ण के होते हैं); (*colloq*) to put s.o. through his ~s किसी की योग्यता की परीक्षा करना

facsimile फ़ैक्सिमिलि *n* & *vt* (लेख, चित्र आदि की) हूबहू नकल, प्रतिरूप, प्रतिलिपि, प्रतिकृति, reproduced **in ~** हूबहू नकल किया हुआ; ~ signature हस्ताक्षर की हूबहू नकल; *vt* हूबहू नकल करना या उतारना, प्रतिकृति बनाना

fact फ़ैक्ट *n* **1** तथ्य, बात, तत्व, (ज्ञात) तथ्य, (अनुभूत) तथ्य, अनुमान अथवा तर्क का आधारभूत तथ्य, His ~s are disputable उसके आधारभूत तथ्य विवादास्पद हैं, **2** वास्तविकता, यथार्थता, सचाई, सच बात, असल बात, असलियत, हकीकत, **in ~, in point of ~, as a matter of ~, the ~ is, the ~ of the matter is** — वस्तुतः, वास्तव में, सच बात यह है कि; I know it for a ~ मैं जानता हूं कि यह सच है, **3** बात का (घटित) होना, काम का होना, बात, काम [to become wise after the ~]; **accomplished ~** सम्पन्न कार्य, काम जो हो चुका हो; **~-finding** *a* तथ्यों का पता लगाने वाला, तथ्यान्वेषी

faction फ़ैक्शन *n* **1** (स्वार्थी एवं झगड़ालू लोगों का) गुट, दल, **2** दलबन्दी, गुटबन्दी, धड़ेबन्दी, **3** दलबन्दी की भावना, अपने दल का स्वार्थ सिद्ध करने की भावना; **~al** *a* **1** गुट का, दल का, **2** गुटबंदी का, दलबन्दी का, **3** दलबन्दी की भावना से प्रेरित, गुटबन्दी की भावना पर आधारित; **~alism** *n* गुटबन्दी, गुटबन्दी की भावना

factious फ़ैक्शस *a* = factional

factitious फ़ैक्टिशस *a* **1** कृत्रिम, बनावटी, नकली, जाली, **2** विशेष काम के लिए बनाया हुआ

factor फ़ैक्टर *n* **1** *math* गुणनखंड, **2** किसी परिणाम का कारणभूत तत्व या तथ्य या परिस्थिति, कारण, हेतु, निमित्त, घटक, साधन [Contentment is one of the ~s of happiness], **3** कमीशन पर माल ख़रीदवाने और बिकवाने वाला, आढ़ती, आढ़तिया, गुमाश्ता, दलाल

factorage *n* दलाली, दस्तूरी

factory फ़ैक्टरि *n* कारख़ाना, फ़ैक्टरी; ~ hand मजदूर, श्रमिक

factotum फ़ैक्टोटम *n* मालिक के सब काम करने वाला विश्वस्त नौकर, सर्वकर्मकर

factual फ़ैक्चुअल *a* तथ्यसंबंधी, तथ्यात्मक, तथ्यों पर आधारित [a ~ report], सही-सही, ठीक-ठीक

factum फ़ैक्टम *n* (*law*) (विवाद या याचिका में प्रस्तुत किये गये) तथ्य; तथ्य-सूची

facultative फ़ैकल्ट-टिव *a* विकल्पभूत, वैकल्पिक, ऐच्छिक

faculty फ़ैकल्टि *n* **1** (मन, इन्द्रियों आदि की) शक्ति, सामर्थ्य [to be in possession of all one's faculties], **2** विश्वविद्यालय का विभाग, संकाय [Arts ~, Science ~], **3** esp *eccl* (कोई काम करने के विषय में कानून या उच्च अधिकारी द्वारा दिया गया) अधिकार, अनुज्ञा, काम करने की स्वतन्त्रता

fad फ़ैड *n* ख़ब्त, सनक, झक्क, धुन, (व्यक्ति का) विलक्षण सिद्धान्त, विशेष प्रवृत्ति; **~dist** *n* ख़ब्ती,

सनकी, झक्की, किसी विषय में विलक्षण सिद्धान्त रखने वाला

fade फ़ेड *vi* & *t* 1 मुरझाना, कुम्हलाना, 2 (रंग) उड़ जाना, (रंग) फीका पड़ना, पीला पड़ना, (रंग) उड़ा देना, फीका करना, 3 मद्धम पड़ना, क्षीण होना, धीरे-धीरे लुप्त या अदृश्य होना, to ~ **from** memory याद न रहना, चित्त से उतरना, 4 (*broadcasting*); **to ~ in,** (ध्वनि को) धीरे-धीरे ऊंचा करना, **to ~ out** धीमा करते-करते अश्रव्य कर देना

faeces फ़ीसीज़ *n pl* 1 टट्टी, मल, विष्ठा, 2 तलछट

fag^1 फ़ैग *vi* & *t* 1 बड़ी मेहनत करना, घोर परिश्रम करना [to ~ (away) at sth], (अरुचिकर काम में) जुता रहना, गुलामों की तरह काम करना, to ~ oneself **out** थक कर चूर हो जाना, 2 to ~ for a senior (स्कूल में) ऊंची कक्षा के छात्र का काम करना, 3 *vt* (of occupation) थका देना, थका डालना [This type of work ~s me (out); he looks ~ged (out)]

fag^2 *n* 1 अरुचिकर काम, थका देने वाला काम, उकता देने वाला काम [what a ~ !], 2 थकावट, थकान, **brain-~** दिमाग़ी थकावट, 3 **~-end** अंतिम एवं बेकार भाग, आख़िरी हिस्सा; *sl* सिगरेट का बचा-खुचा टुकड़ा

faggot फ़ैगट *n* 1 लकड़ियों का गट्ठा, 2 लोहे के छड़ों का गट्ठा

Fahrenheit फ़ैरन्हाइट *n* फ़ारनहाइट थरमामीटर

fail^1 फ़ेल *n* **without fail** अवश्य, ज़रूर, चाहे कुछ भी हो, निश्चय ही [I'll meet you there without ~]

fail^2 *vi* & *t* 1 असफल होना, नाकाम होना, रह जाना, अनुत्तीर्ण होना, फ़ेल होना [**to ~ in** an examination], फ़ेल करना [The examiner ~ed 5 candidates], 2 **to ~ to do** sth कोई काम न करना या न कर पाना [he failed to appear]; चूक जाना, भूल जाना, ध्यान न रखना, Don't ~ to let me know मुझे बतलाना न भूलिये; to ~ **in** one's duty कर्तव्य न निभाना, 3 to ~ s.o. किसी से किया वादा पूरा न करना, वचन न निभाना, निराश करना, 4 न होना, कम होना, अपर्याप्त होना, पूरा न पड़ना, **Words ~ me** मेरे पास शब्द नहीं है कि मैं ठीक-ठीक बता सकूं, 5 आशा के प्रतिकूल निकलना, ग़लत निकलना [The prophecy ~ed], 6 क्षीण होना [His sight, memory, is ~ing], 7 काम करना बन्द कर देना, बन्द हो जाना [The engine ~ed], 8 **दिवालिया** होना

failing^1 *n* (see prec) 1 असफलता, न कर पाना, 2 दोष, अवगुण, त्रुटि, कमी, 3 क्षीणता, दुर्बलता, कमज़ोरी

failing^2 *prep* न होने पर; **failing this** यदि ऐसा न हुआ तो; ~ a reply यदि उत्तर न मिला तो

failure फ़ेल्यर *n* 1 असफलता, नाकामी, चूक, 2 (i) असफल व्यक्ति [He is a ~], (ii) जो काम सिद्ध या पूरा न हुआ हो, जिस काम में सफलता न मिली हो; Apples are a ~ this year इस वर्ष सेब की फ़सल मारी गई है, 3 न होना, न करना, 4 कमी, अभाव, 5 बन्द हो जाना, टूट जाना [engine ~; heart ~], 6 **दिवाला,** दिवालियापन

fain फ़ेन *adv* (*arch*) सहर्ष [I would ~ have stayed there]

faint^1 फ़ेन्ट *a* 1 मद्धिम, धुंधला, अस्पष्ट, मन्द, हल्का, फीका [~ light, voice, breeze, colour]; ~ idea धुंधला-सा ख़्याल, **I haven't the faintest idea** मुझे तनिक भी ख़्याल नहीं है, 2 (भूख आदि के कारण) जिसका सिर चकरा रहा हो, शिथिल, निढाल, 3 क़मज़ोर, दुर्बल, सुस्त, ढीला, 4 **faint-heart(ed)** डरपोक, कायर, भीरु

faint^2 *vi* & *n* 1 हिम्मत हारना, 2 बेहोश होना, मूर्च्छित होना; *n* मूर्च्छा, बेहोशी

fair^1 फ़ॅअर *n* मेला (जिसमें क्रय-विक्रय के अतिरिक्त प्रायः मनोरंजन का भी प्रबंध होता है), पैंठ, बाज़ार; (to arrive) **a day after the ~** जब अवसर निकल गया हो, अवसर बीत जाने पर

fair^2 *a* 1 सुन्दर, खूबसूरत, **the fair sex** स्त्रीजाति महिलाएं, 2 गोरा, साफ़ [a ~ complexion], 3 शुद्ध, साफ़, साफ़-सुथरा [~ copy], 4 न्यायोचित, न्यायसंगत, न्याय्य, वैध, निष्पक्ष, उचित, ठीक; **fair-and-square** *a* & *adv* निष्कपट, ईमानदार; निष्कपटता से, ईमानदारी से; **~ deal** खरा सौदा, न्याय्य या उचित व्यवहार; **by ~ means or foul** उचित या अनुचित तरीके से, ईमानदारी से या बेईमानी से, जैसे भी हो सके; **~ play** निष्पक्षता, **~ price** उचित दाम, उचित दर, ~ price shop उचित दर (की) दुकान, 5 ख़ासा अच्छा, काफ़ी अच्छा [He has a ~ chance of success], 6 अच्छा, ~ weather अच्छा मौसम, खुला मौसम, **~-weather road** खुले मौसम में चालू सड़क, जिस पर खुले मौसम में ही यातायात हो सके, **~-weather friends** अच्छे दिनों के साथी, स्वार्थी मित्र, मतलबी दोस्त

fair^3 *adv* **to speak (s.o.) fair** (i) (किसी से) नम्रतापूर्वक बात करना, (ii) (किसी की) खुशामद करना, **~-spoken** *a* 1 शिष्टता से बात करने वाला, मृदुभाषी, मधुरभाषी, 2 **to play fair** नियमानुसार खेल खेलना, ईमानदारी का व्यवहार करना, 3 **to write out ~** शुद्ध प्रतिलिपि या साफ़ नकल तैयार करना, 4 **~ and square** ठीक, ऐन [~ and square in the middle] (also see fair^2, 4)

fairly *adv* 1 काफ़ी, ख़ासा, ~ good काफ़ी अच्छा, ख़ासा अच्छा, 2 बिल्कुल, पूर्णतया, ~ beside himself बिल्कुल आपे से बाहर, 3 ईमानदारी से,

निष्पक्षता से, निष्कपटता से; ~ly **and squarely** निष्कपटता या निष्पक्षता से

fairness *n* 1 न्याय, न्याय्यता, निष्पक्षता, ईमानदारी, in all ~ पूरी ईमानदारी से, 2 सौंदर्य, गोरापन, निर्मलता

fairy फ़ेॅअरि *n* & *a* परी, अप्सरा, ~land परियों का देश, परिस्तान, जादूनगरी, ~-tale परियों की कहानी, विचित्र घटना का वर्णन; *a* 1 परियों का, 2 काल्पनिक, अवास्तविक, झूठा, 3 सुन्दर एवं सुकुमार

fait accompli F फ़ेट् आकोंप्ली *n* सम्पन्न कार्य, निष्पन्न कार्य, काम जो हो चुका हो (और जिस के बारे में अब तर्क-वितर्क करना व्यर्थ हो)

faith फ़ेथ *n* 1 विश्वास, भरोसा, एतबार, यकीन, **to have ~ in** s.o. किसी पर विश्वास या भरोसा करना या होना, **to pin one's ~ upon** s.o. किसी पर दृढ़ विश्वास होना, 2 आस्था, विश्वास, निष्ठा, श्रद्धा [to have faith in God], 3 धर्म, मत, मज़हब [The Hindu, Christian, Muslim, faith], 4 जो बातें या सिद्धान्त आदि कोई मानता हो, political ~ राजनीतिक मत, 5 वचन, वायदा, **to give, pledge, plight, one's ~ to s.o.** से वायदा करना, को वचन देना, **to keep ~ with** s.o. वायदा पूरा करना, वचन निभाना, **to break ~ with s.o.** वायदा तोड़ना, वचन भंग करना, 6 ईमानदारी, वफ़ादारी, **in good ~** सच्ची भावना से, सद्भावना से, नेकनीयती से, **in bad ~** बेईमानी से, कपट या ठगी की भावना से, बुरी नीयत से, 7 **faith-cure, faith-healing** ईश्वर-विश्वास और प्रार्थना के द्वारा चिकित्सा करना (न कि औषधोपचार से)

faithful *a* 1 विश्वसनीय, विश्वासपात्र, निष्ठावान्, वफ़ादार [~ **to s.o.**], 2 यथार्थ, ठीक-ठीक, सही, हू-बहू [~ copy, translation], 3 the ~ (*pl*) सच्चे भक्त, श्रद्धालु-जन, आस्तिक, सच्चे मुसलमान, Father of the ~ ख़लीफा; ~ly *adv* 1 ईमानदारी से, सच्ची भावना से, 2 ठीक-ठीक [to translate ~ly], 3 yours ~ly निष्ठा से आपका; ~**ness** *n* 1 वफ़ादारी, ईमानदारी, निष्ठा, 2 सही होना, ठीक-ठीक होना, यथार्थता, यथातथ्य

faithless *a* 1 अविश्वासी, न मानने वाला, श्रद्धाहीन, 2 अविश्वसनीय, 3 विश्वासघाती, ग़द्दार, बेईमान

fake फ़ेक *vt* & *n*, *a* **to fake (up)** (देखने में अच्छा परन्तु) नकली माल तैयार करना, झूठा हिसाब तैयार करना, झूठी ख़बर गढ़ना [to ~ **(up)** a story etc]; *n* 1 नकली माल [It's a fake], 2 झूठी ख़बर, गढ़न्त, 3 छल, धोखा; *a* नकली, झूठा

falchion फ़ॉल्चन *n* चौड़ी एवं वक्राकार तलवार

falcon फ़ॉकन *n* बाज़, शिकरा, श्येन; ~**er** *n* बाज़ पालने वाला, बाज़ से शिकार करने वाला; ~**ry** *n* बाज़ लड़ाना; बाज़ पालना

fall^1 फ़ॉल *vi* (**fell, fallen**) **I.** 1 गिरना, ढहना [Trees, houses, ~], The river falls **into** the sea नदी समुद्र में गिरती है, 2 पतन होना, प्रतिष्ठा खोना [statesmen ~], 3 गिरना, कम होना, घटना [Prices ~; temperature ~s], The wind ~s हवा का जोर घटता है, 4 His countenance fell वह शरमिन्दा हो गया, वह अपना-सा मुंह ले कर रह गया, 5 (युद्ध में) मारा जाना [Many fell in the border clashes], Gandhiji fell **to** the assassin's bullet गांधीजी हत्यारे की गोली का शिकार हुए [Seven lions fell **to** his rifle], 6 हारना, पतन होना, A fortress ~s किले पर (शत्रु का) अधिकार हो जाता है; II (with *prepp* to ~ **among** अचानक फंस जाना [He fell among thieves]; to ~ **away** (i) (धरती का) धंसना, (ii) साथ छोड़ना, (iii) धर्म त्याग करना, to ~ **back** पीछे हटना [The enemy fell back]; to fall **back upon** (साधन का) सहारा लेना, (ज़रूरत पड़ने पर) उपयोग करना [a sum put by to ~ back upon]; to ~ **behind** पीछे रह जाना, पिछड़ जाना; to ~ **down** गिरना, धरती पर गिरना, ढहना; to fall **in** (*mil*) पंक्ति में आना या खड़ा होना, कतार बांधना; to fall **in with** s.o. (i) किसी से अचानक मिलना, भेंट होना [In my journey to Rudraprayag, I fell in with a yogin], (ii) किसी से सहमत होना, (iii) किसी के मतानुकूल होना; to ~ **off** (i) गिरना [He fell off the horse], (ii) साथ छोड़ना [His followers fell off], (iii) संख्या में कम होना, घटना [The subscribers to this newspaper have fallen off]; to ~ **on, upon,** s.o. *or* sth किसी पर टूट पड़ना, आक्रमण करना, झपटना; My eyes fell on him मेरी नजर उस पर पड़ी, to ~ **out** (i) झगड़ना, लड़ना, (ii) घटित होना [It (so) fell out that...), (iii) *mil* पंक्ति तोड़ना, पंक्ति से बाहर आना; to ~ **out with** s.o. किसी से झगड़ा होना; to ~ **through** (योजना का) असफल रहना, संपन्न या पूरा न होना [His scheme fell through]; (*Parl*) (प्रस्ताव का) पास न होना, अस्वीकार कर दिया जाना [**The motion fell through**]; to ~ **short** (i) कम पड़ना, अपर्याप्त होना, (ii) (तीर या गोली का) लक्ष्य तक न पहुंचना; to ~ **short of** (i) न पा सकना, (ii) (आशा से) कम होना [The result fell short of my expectations]; to ~ **to** शुरू करना, करने लगना [They fell to eating, fighting]; We fell to work हम काम करने लग गये; III *Other idioms*: **to fall by the sword** तलवार के घाट उतार दिया जाना; **to fall foul of** s.o. किसी से टक्कर या टकराव होना, भिड़ जाना, किसी से झगड़ा होना; to ~ foul of the law न्यायिक अधिकारियों से झगड़ा हो जाना; **to fall in love with s.o.** किसी से प्रेम हो जाना; to fall into s.o.'s hands किसी के हाथ पड़ना या आना; **to fall on evil times** संकट या मुसीबत में फँसना, We have fallen upon a corrupt age भ्रष्टाचार का युग आ गया है; **to fall a prey to** का शिकार होना; **to fall to pieces** टुकड़े-टुकड़े हो जाना; **to fall to the ground** निष्फल होना, व्यर्थ सिद्ध होना, [The plan fell to the ground]; It fell **to** me as my lot to divide the money; It fell **to** my lot to divide the money रुपये का बटवारा करना मेरे ज़िम्मे आया (also see lot, 2)

fall^{2} *n* **1** गिरना, **2** *fig* गिरावट, पतन, **the Fall (of man)** आदम का पतन (अर्थात् Adam (आदम) और Eve (हौवा) का ईडन-उद्यान से निकाला जाना), **3** वर्षा की मात्रा, **4** (U.S) पतझड़ का मौसम, **5** एक समय पैदा होने वाले मेमनों की संख्या, **6** उतार, उतराई, अवरोह, ढाल, ढलान, झुकाव, **7** in *pl* जल-प्रपात, झरना [Kempty ~s near Mussoorie], **8** कुश्ती की पारी; **to try a ~** कुश्ती करना, *fig* किस्मत आज़माना

fallacious फ़लेशस *a* **1** भ्रमपूर्ण, भ्रमात्मक, भ्रांतिजनक, मिथ्या, ग़लत, झूठा, **2** जिस में तर्कदोष हो, सदोष

fallacy फ़ैलसि *n* **1** भ्रम, भ्रांति, ग़लती, ग़लत धारणा, भूल, भुलावा, **2** *log* भ्रांतिपूर्ण तर्क या दलील, तर्कदोष, तर्काभास, हेत्वाभास

fallibility फ़ैल-बिल-टि *n* **1** स्खलनशीलता, **2** ग़लती की संभावना

fallible फ़ैलिबल *a* **1** चूकने वाला, ग़लती करने वाला, स्खलनशील, **2** जिसमें ग़लती की संभावना हो, जो ग़लत हो सकता हो

Fallopian फ़लोपिअन *a* ~ **tube** डिम्बवाही नली

fallow फ़ैलो *n* & *a* (धरती) जिस पर हल चला कर एक साल तक खेती न की गई हो, पड़ती (भूमि), परती, (खाली पड़ी) ज़मीन [**to lie ~**]

false फ़ॉल्स *a* & *adv* **1** असत्य, अयथार्थ, झूठा, मिथ्या, ~ **analogy** मिथ्या सादृश्य; ~ pride मिथ्याभिमान, ~ promise झूठा वायदा, **2** नकली, जाली, बनावटी, खोटा [~ coin, document, hair, teeth], **3** ग़लत, अवैध; ~ idea ग़लत विचार, ~ imprisonment अवैध कारावास या कैद; ~ weights कम तौल के या खोटे बाट, **3** धोखेबाज, कपटी [~ friend], **to be ~ to s.o.** किसी से विश्वासघात या धोखा करना, **5 ~ colours** दूसरे (देश या जहाज़) का झंडा, कपटध्वजा, **6 ~ position** सिद्धान्त-विरुद्ध स्थिति, to put s.o. in a ~ position किसी को अपने सिद्धान्त के विरुद्ध आचरण करने पर मजबूर करना; *adv* कपटपूर्वक, **to play s.o. ~** किसी से विश्वासघात या धोखा करना; **~hood** *n* **1** असत्यता, झूठापन, मिथ्यात्व, अयथार्थता, **2** झूठा, झूठी बात [to tell a ~hood], **3** असत्यभाषण, झूठ बोलना; **~ly** *adv* धोखे से, कपट से, झूठमूठ; **~ness** *n* असत्यता, झूठापन, मिथ्यात्व, अयथार्थता [The ~ness of this conclusion is obvious], **2** विश्वासघात

falsify फ़ॉल्सिफ़ाइ *vt* **1** (झूठी बातें जोड़ कर अभिलेख आदि को) झूठा बना देना, मिथ्या करना, मिथ्या बनाना, जाल करना, जालसाज़ी करना [to ~ a document], **2** ग़लत रूप में पेश करना [to ~ an issue], **3** ग़लत करना या बनाना, बिगाड़ना, **4** झूठा ठहराना, झूठा साबित करना, असत्य या मिथ्या सिद्ध करना [to ~ fears], **5 to falsify a hope** आशा पूरी न होने देना, आशा पर पानी फेर देना; **falsification** *n* मिथ्याकरण, जालसाज़ी

falsity फ़ॉल्सिटि *n* **1** असत्यता, झूठापन, मिथ्यात्व, अयथार्थता [The ~ of this doctrine is obvious]

falter फ़ॉल्टर *vi* & *t* **1** लड़खड़ाना, डगमगाना, लटपटाना, **2** हिचकना, हिचकिचाना, डांवांडोल होना, हिम्मत हारना, विचलित होना, अटकना, रुकना, **3** (वाणी का) कांपना, (व्यक्ति का) हकलाना, अटक-अटक कर बोलना [He ~ed out a few words]

fame^{1} फ़ेम *n* **1** यश, कीर्ति, ख्याति, प्रसिद्धि, चर्चा, धूम, **2** प्रतिष्ठा, नाम, **ill ~** बदनामी, **house of ill ~** चकला (*arch*)

fame^{2} *vt* (in *pass*) प्रसिद्ध होना, मशहूर होना, to be ~ed **for** sth किसी बात के लिए प्रसिद्ध होना

familiar फ़मिलिअर *a* **1** परिचित, सुपरिचित [~ **with** a person, subject, etc], **2** ज्ञात, विदित, परिचित, जाना-पहचाना [His voice sounded ~], **3** घनिष्ठ, अन्तरङ्ग, बेतकल्लुफ़ [to be on ~ terms(**with** s.o.)], **4** प्रचलित, प्रतिदिन का, आम, जिसमें कोई नई बात न हो [This is a ~ occurrence]

familiarity फ़मिलिऐरिटि *n* (व्यक्ति या विषय से) परिचय, जान-पहचान; (व्यक्ति से) घनिष्ठता, बेतकल्लुफ़ी F~ breeds contempt अतिपरिचयादवज्ञा; (विषय का) ज्ञान

familiarization *n* परिचय करना या कराना, परिचयकरण

familiarize फ़मिलिअराइज़ *vt* **1** (वस्तु या विषय का) ज्ञान कराना, परिचय कराना, अभ्यास कराना [to ~ s.o. **with** sth], **2** परिचय या ज्ञान प्राप्त करना, अभ्यास करना [to ~ oneself **with** a book, method, etc], **3** प्रचलित या सुविदित करना [The radio is familiarizing many new words]

family फ़ैमिलि *n* **1** परिवार, कुटुम्ब, कुनबा, बीवी-बच्चे, घर-बार, गृहस्थी, **2** कुल, ख़ानदान, घराना, वंश **of family** कुलीन, अभिजात; **Holy F~** मरियम, शिशु ईसा और सेंट जोज़फ़ आदि, **3** वर्ग, जाति, उपजाति, **4 in a ~ way** बेतकल्लुफ़ी से, **5 in the** *or* **in a ~ way** गर्भवती, **6** *comb:* **~ likeness** शक्ल या रंग-रूप का थोड़ा-बहुत मिलना, थोड़ा-बहुत सारूप्य (जैसा कि परिवार के लोगों

में प्राय: होता है), ~ **man** (i) बीवी-बच्चों वाला आदमी, (ii) घरेलू आदमी, ~ **planning** परिवार सीमित रखने के उपाय, परिवार-सुयोजन, परिवार-नियोजन, ~ **tree** वंशावली, वंशवृक्ष, ~ **welfare** परिवार-कल्याण

famine फ़ैमिन *n* 1 अकाल, दुर्भिक्ष, कहत, अन्नाभाव, 2 (किसी वस्तु की) कमी, किल्लत, अभाव [a water ~]; *attrib* ~ **prices** किल्लत के कारण बढ़ी हुई कीमतें

famish फ़ैमिश *vt & i* 1 भूखों मारना, भूखों मरना, भूखा रखना, भूखा रहना, खाने को न देना, खाने को न मिलना; ~**ed** *a* भूख का मारा, जिसे (कुछ समय से) खाने को न मिला हो; **to be ~ing** or ~**ed** (*colloq*) बहुत भूखा होना [I'm ~ing]

famous फ़ेमस *a* 1 प्रसिद्ध, विख्यात, मशहूर, नामी, नामवर, जाना-माना, [~ **for** a quality, thing, etc], 2 *colloq* बहुत अच्छा, बढ़िया, उत्कृष्ट, शानदार; ~**ly** *adv* अच्छी तरह से, शान से

fan^1 फ़ैन *n & vt* 1 पंखा, 2 अनाज से भूसी उड़ाने का यन्त्र या पंखा; *vt* 1 पंखा करना, पंखा झलना, पंखे से हवा करना [to ~ oneself], 2 अनाज से भूसी आदि उड़ाना, ओसाना, 3 (*lit & fig*) **to fan the flame** आग भड़काना, आवेश बढ़ाना, जोश दिलाना, to fan a quarrel झगड़े की आग भड़काना, 4 **to ~ out** *vt & i* दोनों तरफ़ फ़ैलाना या फैल जाना [Our troops ~ned out]

fan^2 *n* मनोरंजन-विशेष का प्रेमी, **film fan** सिनेमा-प्रेमी, **cricket fan** क्रिकेट-प्रेमी

fanatic फ़नैटिक *n & a* जिसका धर्म आदि में उत्साह अत्यधिक एवं मूर्खतापूर्ण हो, धर्मान्ध, कट्टरपन्थी, कट्टर, हठी, हठधर्मी, दुराग्रही, दीवाना, पागल [He is a ~]: *a* धर्मान्धता का, कट्टर [a ~ belief]; *N.B.* Fanatic may not be used as *pred adj.*

fanatical फ़नैटिकल *a* (see prec) He is ~ वह धर्मान्ध या कट्टरपन्थी है

fanaticism फ़नैटिसिज़्म *n* धर्मान्धता, मतान्धता, कट्टरता, कट्टरपन, हठधर्मी, दुराग्रह

fancier फ़ैन्सियर *n* 1 किसी वस्तु का विशेषज्ञ या पारखी [rose-~], 2 किसी पशु या पक्षी का प्रेमी या पालने वाला [dog-~, bird-~]

fanciful फ़ैन्सिफ़ुल *a* 1 जैसा जी में आये वैसा करने वाला, मनमौजी, 2 कल्पनाप्रधान, काल्पनिक, अवास्तविक, 3 विचित्र (बनावट या आकृति का), अजीब [~ drawings]

fancy^1 फ़ैन्सि *n & a* 1 निराधार धारणा, भ्रम, वहम, 2 कल्पना, कल्पना-शक्ति, 3 व्यक्तिगत रुचि, व्यक्तिगत प्रवृत्ति, शौक, पसन्द, **to take a ~ to sth** किसी चीज का शौक हो जाना, कोई चीज अच्छी लगना या पसन्द आना, to take a ~ to s.o. किसी से प्रेम या अनुराग हो जाना, किसी पर मोहित होना या लट्टू होना, **to catch** *or* **take the ~ of s.o.** को पसन्द आना, अच्छा लगना, आकर्षित करना [The new *sari* displayed in the window took her fancy], (*a*; not pred) 1 सुन्दर, सजावटी, जो सादा न हो, भड़कीला, ~ **dress** बहुरूपिये का-सा वेश, ~ **fair** मीना बाजार, ~ **goods** सजावट और तड़क-भड़क का सामान, ~**-work** सजावटी सिलाई, कशीदाकारी, 2 (of flowers etc) दुरंगा, रंग-बिरंगा, 3 मनमाना, हद से ज्यादा, ~ **price** बढ़ा-चढ़ा या मनमाना मूल्य, 4 कल्पना (न कि वास्तविकता) पर आधारित [~ picture, portrait, etc], 5 ~ **man** (*sl*) (i) प्रेमी, यार, (ii) वेश्या की कमाई खाने वाला

fancy^2 *vt* 1 कल्पना करना, सोचना, ख़्याल करना, समझना, He fancies he knows everything वह समझता है कि वह सब कुछ जानता है, 2 to ~ sth कोई चीज अच्छी लगना, पसन्द आना, भाना [I don't fancy his offer], 3 to ~ s.o. किसी पर मोहित या लट्टू होना, 4 (कोई विशेष गुण लाने के लिए) पशु-पक्षी पालना या पेड़-पौधा उगाना

fanfare फ़ैन्फ़ेअर *n* 1 अनेक प्रकार के बजते हुए बाजे, अनेक प्रकार के बाजों का एक साथ बजना, बाजा-गाजा, 2 धूमधाम, धूम-धड़ाका [The wedding was celebrated without the usual ~]

fang फ़ैङ्ग *n* 1 (वि० कुत्ते, भेड़िये आदि का) भेदक दान्त, 2 (सांप का) विषदन्त, 3 दांत की जड़, दन्तमूल, 4 (तलवार, छुरी, छैनी आदि के) फल का वह सिरा जो दस्ते के अन्दर होता है, औज़ार की जड़

Fantasia *n* =fantasy 3

fantast फ़ैन्टैस्ट *n* ख़्याली पुलाव पकाने वाला, स्वप्नद्रष्टा

fantastic फ़ैन्टैस्टिक *a* 1 विचित्र, अनोखा, अजीब [~ dreams], 2 ऊटपटांग, असंगत, बे सिर-पैर का [~ idea, plan], 3 आश्चर्यजनक, अद्भुत, असाधारण, विलक्षण [Kashmir — a valley of ~ beauty]

fantasy, ph- फ़ैन्टसि *n* 1 कल्पना-शक्ति, हवाई किले (बनाने की शक्ति), मन के लड्डू, स्वैर कल्पना, 2 कोरी या निराधार कल्पना, वहम, ख़्याल, गुमान, 3 विचित्र संगीत रचना

far^1 फ़ार *adv* (farther, -thest; further, -thest) & *n* 1 दूर, बहुत दूर, दूर तक, He lives **far from** here वह यहां से बहुत दूर रहता है; He went **far** into the forest वह जंगल में बहुत दूर तक चला गया; **far and near** सर्वत्र [People come here from ~ and near], 2 **to go ~ towards doing sth** किसी काम में बहुत सहायक होना [This donation will go ~ towards meeting the cost of the construction], 3 बहुत, He is far better वह पहले से बहुत

अच्छा है (या, कहीं अच्छा है), 4 (in *neg* sense): He is **far from** happy वह सुखी नहीं है); **Far be it from me to** harm anyone ईश्वर न करे कि मैं किसी को हानि पहुंचाऊं ; **Far from** admiring him, I loathe him उसकी प्रशंसा करना तो दूर रहा, मैं तो उल्टे उससे घृणा करता हूं, **5** तक, तलक, **so ∼ so good** यहां तक तो सब ठीक है; **as ∼ as** (*or* so **far as**) I know जहां तक मुझे मालूम है; (of time) तक, तलक; **so far** अब तक [He hasn't turned up so far]; He slept far into the day वह बहुत दिन चढ़े तक सोता रहा; He kept awake far into the night वह बहुत रात गये तक जागता रहा, **6** (*comb*): **far between** कभी-कभी, बहुत कम [His visits were few and far between], **far-famed** दूर-दूर तक प्रसिद्ध; जिसका यश दूर-दूर तक फैला हुआ हो; **far-fetched** (of simile, example) क्लिष्ट, यत्न-सिद्ध, बहुत घुमाव-फिराव का, ज़बरदस्ती का, **far-gone** (i) बहुत बीमार, (ii) ऋण में डूबा हुआ, (iii) नशे में चूर, (iv) पागल; **far-reaching** दूर-व्यापी; गहरा, जिसके अनेक परिणाम निकलें, **far-seeing** दूरदर्शी, बुद्धिमान्, **far-sighted** (i) दूरदर्शी, बुद्धिमान्, (ii) जिसे पास की अपेक्षा दूर की चीज़ें साफ़ दिखाई दें, दूरदृष्टि; *n* (i) दूरी, (ii) बड़ी मात्रा, by far बहुत अधिक, बड़ी मात्रा में [This is by far the best]

far^2 *a* **1** दूर, दूरस्थ, दूर का, **a far cry** दूर का मामला, दूर की बात, **2** परला [At the far end of the street]

farce फ़ार्स *n* **1** प्रहसन, हास्यजनक नाटक, **2** ढोंग, पाखंड, विडम्बना, स्वांग, खेल, तमाशा, मज़ाक [His examination was a ∼]

farcical फ़ार्सि-कल *a* विडम्बनात्मक, विडम्बना-स्वरूप, विडम्बना-मात्र, पाखंड-स्वरूप, दिखावे का [A ∼ examination]

fare^1 फ़ेॅअर *n* **1** (यात्री का) किराया, भाड़ा, **return ∼** आने-जाने का किराया, दोनों तरफ़ का किराया, **2** (किराये की गाड़ी का) यात्री, मुसाफ़िर, **3** (यात्री को दिया जाने वाला) खाना, भोजन

fare^2 *vi* **1** (*liter*) यात्रा करना, सफ़र पर जाना, रवाना होना [to ∼ forth], **2** हाल होना, प्रगति करना [How did you ∼ in the exam?]; **to ∼ well, ill,** etc अच्छा या बुरा हाल होना; अच्छा या बुरा रहना, **to ∼** alike एक जैसा हाल होना

farewell फ़ेॅअर्वेॅल *int* & *n* **1** आपकी यात्रा शुभ हो ! सुखद हो; **∼ to** का अन्त, की समाप्ति, **2** *n* बिदा, विदाई [to bid ∼ to s.o.]; (*attrib*) ∼ address विदाई-भाषण, ∼ party विदाई भोज

farm^1 फ़ार्म *n* **1** खेत, फ़ार्म, ∼ **labour** खेती मजदूर; **∼ prices** कृषि-उपज के मूल्य, **2** दूसरों के बच्चों का पालन-पोषण करने का स्थान, शिशुशाला, **3** (*comb:*) **∼house** फ़ार्म पर बना घर, **∼stead** फ़ार्म और उस पर बने घर, **∼yard** फ़ार्म पर बने घर का अहाता, बाड़ा, **∼yard manure** गोबर (की) खाद

farm^2 *vi* & *t* **1** खेती करना, कृषि करना, खेती-बाड़ी करना, जोतना-बोना, **2** *vt* शुल्क लेकर दूसरे के बच्चों का पालन-पोषण करना, **3** मजदूर किराये पर देना, ठेके पर काम करवाना, **4** (कर, शुल्क आदि उगाहने का) ठेका लेना या ठेका देना (जिससे ठेकेदार सरकार या मालिक को निश्चित धन देकर सारा शुल्क स्वयं उगाहता है)

farmer फ़ार्मर *n* **1** किसान, काश्तकार, कृषक, **2** कर या शुल्क उगाहने वाला (∼ of revenues), **3** दूसरों के बच्चो का पालन-पोषण करने वाली स्त्री [baby-∼]

farming *n* **1** खेती-बाड़ी, काश्तकारी, कृषि, कृषिकर्म, **2** ∼ of taxes कर-वसूली का ठेका

farouche F फ़रूश *a* उदास, शर्मीला, जो मिलनसार न हो, ग़ैर-मिलनसार

farrago फ़रागो *n* मिली-जुली चीज, खिचड़ी, घालमेल, गड्डमड्ड

farrier फ़ैरिअर *n* **1** नाल बांधने वाला, **2** घोड़ों का डाक्टर, पशुचिकित्सक, सलोतरी, **3** *mil* रिसाले के घोड़ों की देखभाल करने वाला अफ़सर; **∼y** *n* **1** नालबंदी का व्यवसाय, **2** पशुचिकित्सा

farrow फ़ैरो *n* & *vt* & *i* **1** एक समय पैदा होने वाले सूअर के बच्चे, **2** (सूअरी का) बच्चे जनना, प्रसव, सूकर-प्रजनन, *vt* (सूअरी का) बच्चे पैदा करना, *vi* (सूअरी का) ब्याना

farther फ़ार्दर *adv* & *a* (*compar* of far) और दूर, अधिक दूर, दूरतर [Nothing is ∼ from my thoughts]; ∼ on और आगे, ∼ back और पीछे; *a* दूरतर, अधिक दूर, अधिक दूरी पर स्थित, और आगे का, और परे का [At the ∼ end of the room], (See N.B. at the end of 'further']

farthest फ़ार्दिस्ट *a* & *adv* (*superl* of far) अधिकतम दूरी पर स्थित, दूरतम, *adv* **1** अधिकतम दूरी पर, सब से दूर, सब से आगे, **2** अधिक से अधिक देरी से

farthing फ़ार्दिङ्ग *n* **1** अंग्रेजी सिक्का (पेनी का चौथा भाग) छोटे से छोटा सिक्का, दमड़ी, कौड़ी, अति लघु मात्रा, नगण्य वस्तु; Doesn't matter a ∼ इस का बिल्कुल कोई महत्व नहीं है, कोई बात नहीं है

fascicle, -icule, -iculus फ़ैसि-कल,-क्युल,-क्युलस *nn* **1** गुच्छा, स्तबक, **2** पूला, पूलिका, पुलिन्दा, बंडल

fasciculation फ़ैक्सिक्युलेशन *n* (खंडशः प्रकाशित होने वाले ग्रन्थ का एक) खंड, पुष्प

fascinate फ़ैसिनेट *vt* **1** (सांप आदि का) शिकार को अपनी दृष्टि से ऐसा बस में कर लेना कि न हिलडुल सके और न भाग ही सके, **2** मोह लेना,

सम्मोहित करना, मन्त्रमुग्ध कर लेना, जादू कर देना; अत्यन्त आकर्षित करना, लुभाना [The child was ~d by the toys in the shop window]; **fascinating** *a* मनोमुग्धकारी, मोहित कर लेने वाला, अत्यन्त आकर्षक, हृदयग्राही; **fascination** फ़ैसिनेशन *n* 1 आकर्षण, जादू, मोहनी, सम्मोहन, 2 आकर्षित करने वाली चीज़, आकर्षण

fascine फ़ैसीन *n* लकड़ियों का लंबा गट्ठा

Fascism फ़ैशिज़्म *n* उग्र राष्ट्रवाद (जैसा कि द्वितीय महायुद्ध में इटली में मुसोलिनी आदि के नेतृत्व में पनपा और जिसका अनुकरण अन्यत्र भी हुआ) फ़ासिस्टवाद, तानाशाही; **Fascist** *n* उग्र राष्ट्रवादी, फ़ासिस्ट

fashion फ़ैशन *n* & *vt* 1 पद्धति, प्रणाली, शैली, विधा, ढंग, तरीका, नमूना, **after the ~ of** के ढंग या नमूने पर, **after a ~, in a ~** जैसे-तैसे, जैसे बन पड़ा, सन्तोषजनक ढंग से नहीं, 2 आदत, अभ्यास, स्वभाव, 3 चलन, रीति, रिवाज (वि० वेशभूषा का), **to come into ~** रिवाज पड़ना, **to go out of ~** रिवाज ख़त्म होना, रिवाज न रहना, 4 अभिजात वर्ग की रीति या रिवाज या प्रचलित व्यवहार, **the fashion** जो बात कालविशेष में अभिजात वर्ग की रीति के अनुरूप हो; **a man of ~** अभिजातवर्ग का आदमी (वि० वेशभूषा की दृष्टि से); *vt* बनाना, निर्माण करना, गढ़ना, ढालना, रूप देना, आकार देना [to ~ a boat out of a tree-trunk]

fashionable *a* 1 प्रचलित, जिसका चलन या रिवाज हो, फ़ैशन के अनुकूल [~ clothes], 2 बांका, छैला, बना-ठना, शौकीन, 3 अभिजात वर्ग की पसन्द का, अभिजात वर्ग का अभिमत, जहां उच्च वर्ग के लोग आते जाते हों [Simla is a ~ summer resort]

fast^1 फ़ास्ट *vi* 1 उपवास करना, व्रत रखना, भोजन न करना, ~ing day उपवास-दिवस, 2 अनशन करना, फ़ाका करना, भूख हड़ताल करना

fast^2 *n* 1 उपवास, व्रत, 2 अनशन, फ़ाका, भूख-हड़ताल; **to break one's ~** अनशन समाप्त करना, व्रत खोलना; 3 **~-day** उपवास-दिवस

fast^3 *a* 1 दृढ़, पक्का, गड़ा हुआ, जकड़ा हुआ, जो हिल-जुल न सके, a stake ~ in the ground धरती में गड़ा हुआ खूंटा, 2 **to make ~** बांधना, जकड़ना, कसना, 3 **to take ~ hold of** sth किसी चीज़ को मजबूती से पकड़ना, 4 the door is ~ दरवाजा बंद है, दरवाज़े में ताला है, 5 **~ colour** पक्का रंग, न उतरने वाला रंग, 6 **~ asleep** गहरी नींद में, 7 तेज़, तीव्रगामी, तीव्र [a ~ train], 8 the watch is ~ घड़ी आगे है, घड़ी तेज़ है; 9 **a ~ person** लम्पट या व्यसनी व्यक्ति, विलासी व्यक्ति, 10 **a ~ friend** पक्का दोस्त

fast^4 *adv* 1 मजबूती से, दृढ़ता से, दृढ़तापूर्वक, **to stand fast** जमकर खड़ा होना, 2 **to be ~ asleep** गहरी नींद सोया हुआ होना, 3 **to live ~** लम्पटता का जीवन बिताना

fasten फ़ासन *vt* & *i* 1 बांधना, जकड़ना, कसना [to ~ a boat to a post; to ~ **together**], 2 to ~ (up) a parcel with a string पार्सल को रस्सी से बांधना; to ~ (**up**) a garment (कमीज़, कोट आदि के) बटन बन्द करना, 3 to ~ a door (चटखनी या ताला लगाकर) दरवाज़ा बन्द करना, 4 to ~ one's eyes **(up)on** s.o. किसी को टकटकी बांध कर देखना, to ~ one's thoughts **upon** s.o. किसी का एकाग्रता से ध्यान करना, किसी के ध्यान में मग्न होना, 5 to ~ a nickname **upon** s.o. किसी का कोई उपनाम धरना, 6 to ~ an imputation **on** s.o. किसी पर कोई आरोप लगाना, 7 *vi* बंधना, चिमटना, बन्द होना, गड़ जाना आदि [The door will not ~; my eyes ~ed on the statute]

fastener फ़ास्नर *n* बांधने या जकड़ने का पुर्ज़ा, बटन, चुटकी, क्लिप; चटख़नी, अगंला

fastidious फ़ैस्टिडिअस *a* सहज में सन्तुष्ट न होने वाला, दुस्तोषणीय, जिसे कोई बात या चीज़ मुश्किल से पसन्द आये, उत्कृष्ट रुचि वाला [He is very ~ about dress]; **~ness** *n* दुस्तोषणीयता

fastness *n* 1 दृढ़ता, स्थिरता, तेजी आदि, 2 गढ़, दुर्ग, किला, (डाकुओं का) अड्डा, a mountain ~ पहाड़ी किला

fat^1 फ़ैट *a* (fatter, fattest) 1 मोटा, मोटा-ताज़ा, मांसल, हृष्ट-पुष्ट, 2 भारी, भारी-भरकम, 3 ~lands उपजाऊ भूमि, **~ salary** बड़ी या मोटी तनख़ाह **~-head** *n*, **~-headed**, **~-witted** *aa* बुद्धू, मूर्ख, मोटी अक्ल का

fat^2 *n* 1 चर्बी, वसा, चिकनाई, 2 किसी वस्तु का उत्कृष्ट भाग, **to live off the ~ of the land** सुख-समृद्धि का जीवन बिताना, अच्छी से अच्छी चीज़ सुलभ होना

fat^3 *vt* & *i* =fatten; **to kill the fatted calf for** (धन लुटा कर लौटे बेटे) का सहर्ष स्वागत करना

fatal फ़ेटल *a* 1 घातक, जानलेवा, प्राणान्तक, मारू [a ~ disease, blow, accident], 2 हानिकर, विनाशकारी, भयङ्कर, बहुत बुरा [a ~ mistake, a mistake ~ **to** our plans], 3 (भाग्य की भांति) नियत, अनिवार्य, अपरिहार्य, अटल, **~ thread** जीवन की नियत अवधि, आयु; **~ly** *adv* ऐसे जिस से कि मृत्यु हो जाय [He was fatally wounded]

fatalism फ़ेटलिज़्म *n* 1 यह विश्वास कि जो भाग्य में लिखा होता है वही होता है, भाग्यवाद, दैववाद, नियतिवाद, 2 भाग्य के आगे झुकना; **fatalist** *n* & *a* भाग्य में विश्वास रखने वाला, भाग्यवादी, भाग्य के आगे झुकने वाला

fatality फ़टैलिटि *n* 1 भाग्य की सर्वोच्चता (में

विश्वास), भाग्य की अनिवार्यता, 2 भाग्य में विपत्ति या विनाश बदा होना, 3 अमंगल या अनिष्ट प्रभाव, अनिष्टकारिता, 4 अनर्थ, विपत्ति, मुसीबत, 5 दुर्घटना या युद्ध में मृत्यु, दुर्घटना में मरने वाला [earthquake fatalities]

fate फ़ेट *n* & *vt* 1 भाग्य, नियति, दैव, प्रारब्ध, विधि, अदृष्ट, भवितव्यता, भवितव्य, भावी, होनी, होनहार, किस्मत, तकदीर, **as sure as ~** भाग्य की तरह निश्चित; **to decide, fix, seal, s.o.'s ~** किसी की क़िस्मत का फ़ैसला करना, भाग्य का निर्णय करना, **to leave s.o. to his ~** किसी को उसके भाग्य पर छोड़ देना, 2 (Gk *myth*) भाग्य की देवी, तीन भाग्यदेवियों में से एक, 3 मृत्यु [He met his ~ in the last war]; *vt* (usu in *pass*) भाग्य में बदा होना [He was ~d **to do** *or* **be...?**; it was ~d **that**...]

fateful *a* 1 भावी घटना या भविष्य की सूचना देने वाला, भविष्यसूचक [~ word], 2 भाग्य-निर्णायक, भाग्य-निर्णय का [on the ~ day], 3 भाग्यविहित, अनिवार्य [~ event]

father¹ फ़ादर *n* 1 पिता, बाप, धर्मपिता, 2 (in *pl*) पूर्वज, पुरखे [our ~s], 3 देश का महान् नेता, **The ~ of the nation** राष्ट्र पिता, 4 आविष्कारक, जन्मदाता, प्रवर्तक, 5 पादरी, धार्मिक नेता, **The Fathers (of the Church)** पहली पांच शताब्दियों के ईसाई लेखक, 6 **The Holy Father** पोप; 7 (सभा या संस्था का) प्रधान सदस्य, प्रधान पुरुष, नायक, मुखिया, 8 *fig* जन्मदाता, जनक, जननी, **The wish is ~ to the thought** कामना विचार की जननी है, **The child is ~ of the man** बचपन की प्रवृत्तियां निर्धारित करती हैं कि व्यक्ति बड़ा हो कर क्या बनेगा, 9 **~-in-law** ससुर, **~land** स्वदेश, पितृभूमि, the Fatherland जर्मनी; **~ly** *a* पिता के समान, पितृतुल्य; पिता का [~ love, care]

father² *vt* 1 (बच्चे का) बाप बनना, 2 (पद्धति, प्रणाली, विचार, योजना आदि को) जन्म देना, प्रवर्तित करना, 3 (*arch*) to ~ a child **on** s.o. किसी को किसी बच्चे का पिता ठहराना; to ~ a book, article, etc **on** s.o. किसी को किसी ग्रन्थ या लेख का रचयिता ठहराना

fathom¹ फ़ैदम *n* & *vt* ६ फ़ुट का पैमाना (जिस से पानी की गहराई नापते हैं); *vt* 1 (पानी की) गहराई नापना, 2 *fig* थाह लेना, तह तक पहुंचना, समझ पाना [to ~ the mystery]; **~less** अथाह, दुर्बोध

fatidical फ़टिडिकल *a* जो भविष्य का हाल बता सके, भविष्यवक्ता, त्रिकालदर्शी

fatigue फ़टीग *n* & *vt* 1 थकन, थकान, थकावट, 2 थका देने वाला काम, बड़ी मेहनत का काम, कठोर काम, 3 बहुत बार पीटने से या देर तक दबाव पड़ने के कारण धातु में आने वाली कमज़ोरी या क्षीणता, 4 *mil* सैनिक को दिया गया असैनिक काम; **fatigue party** *or* **fatigue** असैनिक काम पर लगाया गया (सैनिक) दल; *vt* थका देना; **~less** *a* न थकने वाला; **fatiguing** *a* थका देने वाला, उबा देने वाला, उबाऊ

fatling फ़ैट्लिङ्ग *n* खूब खिला-पिला कर मोटा-ताज़ा किया हुआ पशु, मांसल पशु

fatten फ़ैटन *vt* 1 (मुर्गी-बत्तख़, भेड़-बकरी आदि को खूब खिला-पिला कर) मोटा-ताज़ा करना (ताकि उनका वध करने पर बहुत मांस उपलब्ध हो), 2 (धरती को) उपजाऊ बनाना, 3 *vi* मोटा होना

fatty फ़ैटि *a* & *n* 1 चिकना, चर्बीदार, चर्बीवाला, वसामय, स्निग्ध, तैलाक्त; *n* (esp as nickname) मोटा

fatuity फ़ट्यूइटि **fatuousness** *nn* मूर्खता, बेवकूफ़ी, पागलपन

fatuous फ़ैट्युअस *a* 1 मूर्ख, बुद्धू, भोंदू [a ~ young man], 2 मूर्खतापूर्ण, पागलों का सा, बेमानी, निरर्थक [a ~ smile]

fault फ़ॉल्ट *n* & *vi* & *t* 1 (बनावट आदि का) नुक्स, खराबी, त्रुटि, कसर [There is a ~ in the electricity meter], 2 दोष, अपराध, कसूर, ग़लती, चूक, It's your, ~; the ~ lies with **you** ग़लती आपकी है, **to find ~ with** s.o. किसी का दोष निकालना, **to be at ~** दोषी होना; to be at ~ **for** an answer जवाब न सूझना, जवाब न बन पड़ना; **to a ~** बहुत अधिक [He is generous to a ~]; **~finder** *n* छिद्रान्वेषी; **~-finding** *n* & *a* (i) छिद्रान्वेषण, (ii) छिद्रान्वेषी, 3 (*geol*) दरार; गढ़ा, गड्ढा; *vi* दरार पड़ना, क्रम भंग होना, सिलसिला टूटना; दोषी होना; *vt* दोष निकालना; **~less** *a* दोषरहित; त्रुटिरहित; **~y** फ़ॉल्टि *a* (of work) नुक्स वाला, त्रुटिपूर्ण, (of reasoning, style, etc) ग़लत, सदोष, दोषपूर्ण

fauna फ़ॉनः *n* (*pl* -**ae**) 1 (किसी प्रदेश या युग के) पशु-पक्षी, जीव-जन्तु, प्राणी, 2 जीव-जन्तुओं का विवरण या वर्णन (cf. flora); **~l** *a* जीव-जन्तुओं का; **faunist** *n* जीव-विज्ञानी, जीवशास्त्री; **faunistic(al)** *aa* प्राणि जाति का, जीव-जन्तु विज्ञान का

faux pas F फ़ो-पा *n* (*pl* same) 1 ग़लत कदम, 2 आचरण-दोष (जिससे व्यक्ति की इज्जत जाती रहे), 3 मूर्खतापूर्ण कार्यवाही या बात या कथन या शब्द

favour¹ फ़ेवर *n* 1 कृपा, विशेष कृपा, अनुग्रह, मेहरबानी, **to do s.o. a ~** किसी पर कृपा करना; **to curry ~ with s.o.** (see curry²), **to be in ~ with s.o.** का कृपापात्र होना, **to fall out of ~ with s.o.** का कृपापात्र न रहना, 2 अनुमति, अनुमोदन, पसन्द, **to find ~ with s.o.** *or* in s.o.'s eyes किसी को पसन्द आना, किसी का अनुमोदन प्राप्त करना, 3 *arch* कृपापत्र [Received your ~ of the 10th], 4 पक्ष, पक्षपात, तरफ़दारी, रियायत, to administer justice **without** fear or ~ बिना

पक्षपात के न्याय करना, निष्पक्षता से न्याय करना, **to be in ~ of** sth किसी बात के पक्ष में होना

favour^2 *vt* 1 (किसी पर) कृपा करना, अनुग्रह करना [He ~ed me **with** an interview], 2 अनुमोदन करना, समर्थन करना, पसन्द करना, अच्छा समझना [I ~ your proposal], 3 पक्ष लेना, पक्षपात करना, तरफ़दारी करना [The examiner should not ~ any of the candidates], 4 (व्यक्ति के लिये) लाभकारी सिद्ध होना, (काम में) सहायक सिद्ध होना, अनुकूल बैठना

favourable *a* 1 प्रशंसात्मक, अनुमोदनात्मक [~ comment], स्वीकारात्मक [~ answer], 2 शुभ, अच्छा, अनुकूल [~ result, aspect, weather], 4 रियायत का, रियायती [~ rate], 5 लाभप्रद, काम का, 6 **~ balance of trade** निर्यात का आयात से अधिक होना, आयात की अपेक्षा निर्यात का मूल्य अधिक होना, अनुकूल व्यापार-अन्तर (also see balance^1, 8)

favoured *a* 1 अनुगृहीत, कृपापात्र, 2 जिसके साथ रियायत की जाये; **most favoured nation** राष्ट्र जिसके माल पर कम से कम आयात-कर लगाया जाये, परम अनुगृहीत राष्ट्र; to accord the most ~ nation treatment किसी देश के माल पर कम से कम आयात-कर लगाना, न्यूनतम आयात-कर लगाना (also see 'most')

favourite फ़ेवरिट *n* & *a* 1 (व्यक्ति) जिसके साथ रियायत की जाये, जिसका पक्ष लिया जाये, अनुग्रहपात्र, कृपापात्र, मुंहलगा [to be the ~ **of** s.o., to be a favourite **with** *or* **of** s.o.], 2 प्रिय, प्यारा, पसन्द का [~ author], मनभाता [~ dish]; **favouritism** फ़ेव्रिटिज़्म *n* पक्षपात, विशेष अनुग्रह

fawn^1 फ़ॉन *n*, *a*, *vt* & *i* 1 (एक साल तक का) हिरन का बच्चा, हिरनौटा, *a* ~ (**-coloured**) हल्के पीले-भूरे रंग का, *vt* & *i* (of deer) बच्चा जनना, ब्याना

fawn^2 *vi* 1 (कुत्ते आदि का) दुम हिला कर और धरती पर लोट कर प्यार जताना, लाड़-प्यार करना, 2 to fawn **(up)on** s.o. किसी की लल्लो-चप्पो करना, कुछ पाने के लिए कमीनों की तरह किसी की ख़ुशामद करना [They ~ed upon him and ate his dinners and drank his wines]

fealty फ़ी-अल्टि *n* रैयत की सामन्त के प्रति वफ़ादारी, स्वामिभक्ति **to do, make, ~ (to** one's lord) अधीनता स्वीकार करना

fear^1 फ़ियर *n* डर, भय, ख़तरा, आशंका, धड़का, खटका, अन्देशा, **Without ~ or favour** निष्पक्षता से (also see favour^1);**No fear** (*colloq*) डरो मत; डरने की कोई बात नहीं है, ऐसा नहीं होने का

fear^2 *vi* & *t* 1 डरना, डर लगना, भयभीत होना, 2 झिझकना, हिचकिचाना [to fear **to** do sth], 3 **to ~ for** के बारे में चिन्तित होना [She ~ed for his life]

fearful *a* 1 भयङ्कर, भीषण, भयानक, 2 बहुत अधिक, भारी, घोर, a **~ mess** घोर अव्यवस्था, भारी गड़बड़, 3 भयभीत, त्रस्त, डरपोक, डरा हुआ, जिसे किसी बात का डर हो; I was ~ of wakening him, I was ~ lest I should waken him मुझे डर था कि कहीं वह जाग न उठे, 4 विनीत, श्रद्धामय, 5 डाँवाँडोल, झिझकता हुआ; **fearless** *a* निडर, निर्भीक, निर्भय, बेधड़क; **fearsome** *a* जिसे देखकर डर लगे, डरावना, विकराल

feasibility फ़ीज़-बिलिटि, **feasibleness** *nn* 1 व्यावहारिकता, व्यवहार्यता, साध्यता, संपाद्यता [~ report], जंचना, ठीक लगना

feasible^2 फ़ीज़-बल *a* 1 जिसे कार्यरूप में परिणत किया जा सके, व्यावहारिक, व्यवहार्य, संपाद्य, साध्य [a ~ project], संभव, 2 *colloq* काम का, सुविधाजनक, जंचता हुआ, देखने में ठीक या तर्कसंगत

feast^1 फ़ीस्ट *n* 1 उत्सव, मेला, त्योहार, पर्व, 2 सुस्वादु भोजन, भोज, प्रीतिभोज, दावत, 3 मन या इन्द्रियोंको तृप्त करने वाली या आनन्द देने वाली चीज़ [A thing of beauty is a ~ for the eyes]; **~ of reason** बौद्धिक चर्चा, आनन्ददायक प्रवचन या निबन्ध

feast^2 *vi* & *t* 1 दावत खाना या खिलाना, मजेदार भोजन करना या कराना, खूब ख़ातिर करना, मज़े करना, मौज करना, 2 **to ~ one's eyes on** sth, किसी (सुन्दर) वस्तु को देख-देख कर खुश होना, आंखें सेंकना

feat फ़ीट *n* 1 बड़ा काम, भारी काम, महान् कार्य, मार्के का काम, साहस या बहादुरी का काम [to perform ~s of valour], 2 कारीगरी (का काम), अद्भुत कौशल का काम, engineering ~ इंजीनियरी का कमाल, 3 करतब

feather^1 फ़ेदर *n* 1 पंख, पर, **to show the white ~** भय व्यक्त करना, कायरता का परिचय देना; **They are birds of a ~** वे एक ही तरह के लोग हैं, एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं; **Birds of a ~ flock together** एक तरह के लोग साथ-साथ रहते हैं, 2 **That's a feather in his cap** यह उसके लिए गर्व करने की बात है: इससे उसकी शान बढ़ती है, 3 बहुत हल्की चीज़, **You could have knocked me down with a ~** मैं तो हैरान रह गया, 4 (*comb:*) ~-bed *n* पंखों का बिछौना, पंख भर कर बनाया हुआ गद्दा; *vt* बहुत सुविधा-सहायता दे कर किसी को सिर चढ़ाना, किसी का काम आसान बना देना [to ~-bed the farmers] ~-weight (i) हल्की चीज़ या व्यक्ति, (ii) १२६ पौंड तक का घूंसेबाज़

feather^2 *vt* 1 पंखयुक्त करना, पंख लगाना, (घोंसले में) पंखों की तह बिछाना, 2 **to feather one's nest** (अवसर से लाभ उठा कर) रुपया बनाना, हाथ रंगना [Tax-collectors often ~

their own nests], 3 पंख की तरह हवा में तैरना या उडना, 4 (shooting) पक्षी को मारे बिना उसके पंख अलग कर देना

feathering फ़ॅदरिङ्ग *n* 1 (पक्षी के) पर या पंख, पंख-समूह, 2 तीर पर लगाये हुए पंख

feature^{1} फ़ीचर *n* 1 (usu in *pl*) आकृति, मुखाकृति, नक्श, चेहरा-मोहरा, सूरत-शक्ल [a person of handsome ~s], 2 किसी चीज़ की ऐसी विशेषता जो ध्यान आकर्षित कर ले, विशेषता, ख़ास बात, ख़ूबी, लक्षण, अभिलक्षण [the geographical ~s of a country], 3 रूपक, नाटक, ~ **film** रूपक चित्र, कथाचित्र, 4 ~ **article** (पत्र-पत्रिका में) विशेष (विषय पर लिखा) लेख

feature^{2} *vt* 1 प्रमुख लक्षण होना, ख़ास बात होना, विशेषता होना, 2 चित्रित करना, विशेष बातें प्रस्तुत करना या प्रदर्शित करना, प्रधानता देना, 3 (cinema) चित्र-पट पर दिखाना, पेश करना [a film that ~s a new Bengali actor], 4 to ~ a news-item समाचार को प्रमुख स्थान पर छापना, बड़ी सुर्ख़ी दे कर छापना

febrifuge फ़ॅब्रिफ़्यूज *n* 1 बुख़ार उतारने की दवा, ज्वरहर, 2 ठंडक लाने वाला पेय, ठंडाई

febrile फ़ीब्राइल *a* 1 ज्वर का, 2 ज्वरग्रस्त

February फ़ॅब्रुअरि *n* फ़रवरी, अंग्रेज़ी कैलंडर का दूसरा महीना (मध्य माघ से मध्य फाल्गुन तक)

feckless फ़ॅक्लिस *a* 1 दुर्बल, कमज़ोर, 2 अकुशल, नालायक, निकम्मा, 3 व्यर्थ, बेकार

feculent फ़ॅक्युलन्ट *a* 1 मैला, गन्दला, अस्वच्छ, 2 दूषित, दुर्गन्धयुक्त, बदबूदार; **feculence** *n* गन्दगी; दुर्गन्ध

fecund फ़ीकन्ड 1 बहुफलदायक, अच्छी फ़सल देने वाला, 2 उर्वर, उपजाऊ, 3 उर्वर या उपजाऊ बनाने वाला; ~**ate** *vt* 1 फलवान् बनाना, फल पैदा करने के योग्य बनाना, 2 गर्भाधान करना, गर्भवती बनाना; ~**ation** *n* 1 गर्भाधान (करना), 2 प्रजनन-शक्ति

fecundity फ़िकन्डिटि *n* 1 बहुफलदायक होना, 2 उर्वरता, उपजाऊपन, उत्पादकता, बहुत संतान पैदा करने की शक्ति या योग्यता, बहुजननता, बहुप्रजता

federal फ़ॅड्रल *a* 1 शासन की ऐसी पद्धति से संबंधित जिसमें एक देश के विभिन्न प्रदेश आन्तरिक मामलो में स्वतन्त्र होते हुए भी मिलकर समूचे देश का संघ बनाते हैं. संघ का, संघीय, 2 संघ सरकार का, केन्द्रीय (सरकार का); ~**ism** *n* संघीय पद्धति या प्रणाली, संघवाद; ~**ist** *n* संघवादी, संघ का समर्थक

federate फ़ॅडरेट *vt* & *i* (राज्यों का) संघ बनाना या बनना, (संस्थाओं सभाओं का) संगठित होना या करना, गुट या दल बनाना, गुट्ट या दल में शामिल होना

federation फ़ॅडरेशन *n* 1 संघ, अनेक सभाओं की संगठित संस्था, संगठन, परिषद्, 2 संघ बनाना, संघ स्थापित करना

fee फ़ी *n* & *vt* 1 शुल्क, (डाक्टर, वकील आदि व्यवसायी का) पारिश्रमिक, फ़ीस, examination ~ परीक्षा-शुल्क, परीक्षा की फ़ीस; in *pl* स्कूल या कालिज की फ़ीस, 2 (*hist*) जागीर, भूसम्पदा, पैतृक सम्पत्ति, 3 इनाम, बख़्शिश; *vt* फ़ीस देना, to ~ a lawyer फ़ीस देकर वकील को अटकाए रखना (ताकि ज़रूरत पड़ने पर उससे काम लिया जाये)

feeble फ़ीबल *a* 1 दुर्बल, कमज़ोर, 2 क्षीण, मन्द, धीमा, हल्का, धुंधला, अस्पष्ट (~ voice, sound), 3 जिस में चारित्रिक दृढ़ता न हो, अस्थिरचित्त, [He is a ~ sort of chap]; ~**-minded** मन्दबुद्धि; ~**ness** *n* दुर्बलता, क्षीणता

feed^{4} फ़ीड *vt* & *i* 1 भोजन देना, भोजन करना, खिलाना, खाना, जिमाना, जीमना, 2 पेट पालना (to ~ a family), 3 (of animals) चारा देना, चारा खिलाना, चराना, चरना, 4 **to ~ upon sth** कोई चीज़ खाना या खिलाना [What do you ~ your chickens on?], 5 to ~ **up** (i) ख़ूब खिलाना-पिलाना; (ii) उकता या उबा देना; **to be fed up (with sth)** किसी वस्तु की अति से जी भर जाना, ऊब जाना, 6 मशीन में कच्चा माल डालना या भरना [to ~ a machine with raw material], 7 आग या भट्टी में ईंधन झोंकना, 8 *sl* (अभिनेता को उस के पार्ट का) संकेत देना, 9 **to feed back** प्रतिसूचना देना (see feed^{2}, 5) 10 **feeding bottle**=feeder, 3

feed^{2} *n* 1 भोजन, खाना, खुराक (पशुओं आदि का) चारा, दाना, 2 **to be off one's ~** खाने को जी न चाहना, भूख न लगना, 3 (मशीन के लिए) कच्चा माल, मसाला, 4 (तोप का) बारूद, मसाला, 5 **feedback** किसी कार्यक्रम पर हुई प्रतिक्रिया की उसके प्रवर्तक को सूचना देना (ताकि कार्यक्रम में आवश्यक परिवर्तन या सुधार किया जा सके) प्रतिक्रिया-सूचना, प्रतिसूचना

feeder *n* 1 चारा खिलाने वाला, 2 खाने वाला, large, quick, gross, ~ पेटू, 3 बच्चे को दूध पिलाने की बोतल, 4 सहायक नदी, नदी जिसका जल किसी बड़ी नदी में गिरता हो, 5 *attrib* शाखा, ~ **canal** शाखा नहर; ~ **airline** शाखा-लाइन

feel फ़ील *vt* & *i* & *n* 1 छू कर पता लगाना, टटोलना, टोहना, **to ~ one's way** टटोल-टटोल कर चलना, to ~ in one's pocket for sth कोई चीज़ ढूंढने के लिए जेब टटोलना, **to ~ the pulse of** की नब्ज देखना; *fig* किसी के विचार या इरादे का पता लगाना, 2 महसूस करना, अनुभव करना या होना, पता लगाना, मालूम करना, जानना, I ~ a pain, I ~ the heat, I ~ the cold (मुझे दर्द होता है, गर्मी लगती है, सर्दी लगती है); I ~ **certain** मुझे विश्वास है; I ~ **well, ill, tired** मेरी तबीयत ठीक है, ठीक नहीं है, मुझे थकावट महसूस होती है, I ~ quite myself मैं

बिल्कुल ठीक-टाक हूं, **to make one's presence felt** अपनी उपस्थिति को प्रभावशाली बनाना, उपस्थिति से लोगों को प्रभावित करना, 3 **to ~ up to doing sth, to ~ up to work** अपने आप को काम करने के योग्य अनुभव करना, 4 इच्छा या प्रवृत्ति होना, **to ~ like doing sth** कोई काम करने को जी चाहना; He felt like crying उसे रुलाई आ रही थी, 5 सहानुभूति होना या रखना या करना, हमदर्दी करना, तरस खाना [to ~ **for** s.o.], 6 भांपना, ताड़ना, लगना, **I feel in my bones** that I shall pass मुझे विश्वास है कि मैं पास हो जाऊंगा, 7 चुभना, बुरा लगना, खलना, He felt the censure keenly उसे अपनी निन्दा बहुत चुभी, 8 *vi* महसूस होना, लगना [The air ~s chilly; the room ~s damp; the table ~s hard; the grass ~s like velvet]; *n* 1 स्पर्श, स्पर्श से होने वाली संवेदना [I don't like the ~ of this cloth], 2 (स्थिति की) मानसिक अनुभूति, बोध, ज्ञान [to have a ~ of the situation]

feeler फ़ीलर *n* 1 कुछ जीव-जन्तुओं का इन्द्रिय-विशेष जिससे वे मार्ग टटोलते हैं या आहार खोजते हैं, स्पर्शक, 2 दूसरे की प्रतिक्रिया जानने के लिए किया गया प्रस्ताव आदि, टोह; **to put** (*or* **throw**) **out a feeler** दूसरे की प्रतिक्रिया जानने के लिए कोई प्रस्ताव करना या सुझाव देना, टोह लेना

feeling^1 फ़ीलिङ्ग *n* 1 स्पर्श, स्पर्श की चेतना, I have no ~ in my arm मेरी बाँह सुन्न है, 2 भाव, भावना,(in *pl*) जी, दिल, मर्मस्थल; **It hurts my ~s** इससे मेरे दिल को चोट लगती है, मेरी भावनाओं को ठेस लगती है, 3 सहानुभूति, संवेदना, 4 ख़्याल, विश्वास, प्रतीति, समझ, अनुभूति, लगना, जान पड़ना; We had a ~ of security हमें लगा (हमें महसूस हुआ) कि हम सुरक्षित हैं, 5 ख़्याल, विचार, राय, मत, भावना; The general ~ was against it आम लोगों की राय इसके विरुद्ध थी, 6 उत्साह, जोश, भावुकता [He spoke with ~]

feeling^2 *a* 1 सहानुभूति रखने वाला, हमदर्द, 2 समझदार, 3 भावुक, भावुकतापूर्ण; **~ly** *adv* 1 उत्साहपूर्वक, जोश के साथ, 2 सहानुभूति से, 3 भावुकता से [to speak ~ly of sth]

feet फ़ीट *n pl* (see foot)

feign फ़ेन *vt* & *i* 1 बहाना करना, ढोंग करना, स्वांग करना या रचना या भरना, to feign that one is ill, to feign oneself ill, to feign illness बीमारी का बहाना करना; to ~ to do sth कोई काम करने का बहाना करना या ढोंग करना, 2 *vi* बहाना करना; **~ed** *a* नकली, झूठा, दिखावटी [~ed modesty]

feint फ़ेन्ट *n* & *vi* 1 (शत्रु या प्रतिपक्षी का ध्यान हटाने के लिए) नकली हमला, झूठा वार, 2 बहाना, ढोंग, स्वांग [**to make a ~ of doing sth**]; *vi* नक़ली हमला करना [to ~ **at, upon, against,** s.o.]

fel(d)spar फ़ॆॅल्स्पार, फ़ॆॅल्ड्स्पार *n* सफ़ेद या लाल रंग का ऐलुमिनियमयुक्त खनिज-विशेष

felicific फ़ीलिसिफ़िक *a* सुखदायक

felicitate फ़िलिसि-टेट *vt* बधाई देना [to ~ s.o. on sth]

felicitation *n* (usu in *pl*) बधाई, मुबारक

felicitous फ़िलिसिटस *a* 1 (of word, expression, quotation, etc) बहुत उपयुक्त, प्रसंगोचित, अवसरानुकूल, 2 (of person) (शिष्टाचार में) प्रवीण, (शब्द प्रयोग में) प्रवीण [Kalidasa is ~ in his choice of words]

felicity फ़िलिसिटि *n* 1 सुख, आनन्द, परमानन्द, 2 वरदान, 3 सौभाग्य या खुशी की बात, 4 उपयुक्त शब्द, उपयुक्त शब्दों का प्रयोग; उपयुक्त शब्दों के प्रयोग में प्रवीणता, वाग्विलास [Kalidasa's ~ of phrase], उपयुक्तता

feline फ़ीलाइन *a* 1 बिल्ली का, बिडाल जाति का, 2 बिल्ली का-सा

fell^1 फ़ॆॅल *a* (*poet*) उग्र, निर्दय, भयङ्कर, भीषण, विकराल, हानिकर, ~ disease भीषण रोग; ~ design शरारत भरा या बुरा इरादा

fell^2 *vt* & *n* (पेड़ को) काट कर गिराना, (शत्रु को) मार गिराना; *n* काट कर गिराई हुई (कुल) लकड़ी

fell^3 *pt* of fall^1

felloe फ़ॆॅलो, **felly** फ़ॆॅलि *n* पहिये का बाहरी घेरा (या घेरे का एक भाग) जिसमें अरे लगे रहते हैं, नेमि, परिधि

fellow फ़ॆॅलो *n* 1 साथी, संगी, हमजोली, मित्र, **~- feeling,** सहानुभूति; **good ~** खुशमिज़ाज साथी, 2 जोड़े में से एक, जोड़ का, जोड़ीदार, साथ का, दूसरा, 3 समकालीन, 4 (of person) समान, समकक्ष 5 अनुसंधान-कार्य के लिए वृत्ति पाने वाला स्नातक, अध्येता, 6 विश्वविद्यालय की सीनेट का सदस्य, विद्वत्परिषद् का सदस्य, 7 व्यक्ति, आदमी, लड़का, छोकरा, poor ~ बेचारा, 8 उसी वर्ग का आदमी, साथी, ~-citizen साथी नागरिक, सहनागरिक, ~-countryman सहदेशवासी, ~-soldier साथी सिपाही, ~-student सहपाठी, ~-traveller (i) सहयात्री, हमसफ़र; (ii) (स्वयं कम्यूनिस्ट न होते हुए) कम्यूनिस्ट दल का समर्थक, कम्यूनिस्टों का साथी; साम्यवाद-समर्थक

fellowship *n* 1 साथ, संग, संगति, संसर्ग, साहचर्य, 2 मित्रता, दोस्ती, बिरादरी, भाईचारा, भ्रातृभाव, बन्धुत्व, समाज, 3 (मिलकर काम करने वालों की) संस्था, सभा, मंडल, मंडली, संघ, परिषद्, निगम, कंपनी, 4 विश्वविद्यालय की सीनेट के सदस्यों का पद, सीनेट की सदस्यता, 5 अनुसंधानकर्ता की वृत्ति, अध्येतावृत्ति, 6 विद्वत्परिषद् की सदस्यता

felo de se फ़ीलो-डि-सी *n* 1 आत्महत्या करने

वाला, आत्मघाती, 2 आत्महत्या, खुदकुशी

felon फ़ॅलन *n* महा अपराध करने वाला व्यक्ति, महापराधी

felonious फ़िलोनिअस *a* 1 अपराधात्मक, अपराध-पूर्ण, 2 महाअपराध से संबंधित, 3 घोर अपराध करने वाला, महा-अपराधी

felony फ़ॅलनि *n* महा अपराध, घोर अपराध, (*e.g.* murder, arson, etc)

felt फ़ॅल्ट *n* & *vt* & *i* नमदा; *vt* नमदा बनाना, नमदे से मढ़ना; *vi* नमदा बनना

female फ़ीमेल *n* & *a* 1 स्त्री, नारी, औरत, 2 (पशुओं, वनस्पतियों में) मादा; *a* स्त्री या स्त्रियों का, ~ education स्त्री-शिक्षा, ~ suffrage स्त्री-मताधिकार

feme फ़ॅम *n* स्त्री; ~ **covert** विवाहित स्त्री; ~ **sole** पतिहीन नारी (वि० विधवा या तलाकशुदा)

femina L फ़ॅमिनः *n* स्त्री, नारी, मादा

feminal फ़ॅमिनल *a* नारी का; ~**ity** *n* नारीत्व, स्त्रीत्व, स्त्री-स्वभाव, नारी-प्रकृति

femineity फ़ॅमि-नीइटि *n* 1 स्त्रियोचित भावना या भावुकता, नारी-सुलभ लज्जा, नारीसदृश आचरण, स्त्रीस्वभाव, 2 स्त्रैणता, जनानापन

feminine फ़ॅमिनिन *a* 1 नारी का, स्त्रियोचित, स्त्री-सुलभ, नारी-सदृश, स्त्रैण, जनाना, 2 (*gram*) ~ (gender) स्त्रीलिङ्ग; ~**ness, femininity** *nn* नारीत्व, स्त्री-स्वभाव, जनानापन

feminism फ़ॅमिनिज़्म *n* नारियों के अधिकारों का समर्थन, नारी-अधिकारवाद; **feminist** *n* स्त्री-अधिकार-समर्थक

feminity *n* = femininity

feminize *vt* & *i* 1 नारी-सदृश बनाना या बनना, स्त्रियोचित गुणों से संपन्न करना या होना, 2 स्त्रीलिंग बनाना

femur फ़ीमर *n* जांघ या रान की हड्डी, जंघास्थि

fen फ़ॅन *n* 1 दलदल, अनूप देश, कछार, **The Fens** पूर्वी इंग्लैंड की कछारी भूमि, 2 ~ -fire कछारी भूमि में रात के समय कभी यहां कभी वहां दिखाई देने वाली ज्योति = **ignis fatuus**

fence¹ फ़ॅन्स *n* 1 (पशुओं को खेत में घुसने से रोकने के लिए) जंगला, बाड़, घेरा, चारदीवारी, **to sit** *or* **be on the fence** झगड़े में निष्पक्ष रहना, किसी का पक्ष न लेना; न हां करना न ना करना, **to come down on the right side of the** ~ विजेता से जा मिलना, 2 चोरी का माल लेने वाला व्यक्ति, चोरी का माल रखने का स्थान, 3 मशीन का पुर्जा-विशेष (जो उसका बचाव करता है)

fence² *vt* & *i* 1 जंगला लगाना, बाड़ लगाना, घेरा लगाना या बांधना, चारदीवारी खड़ी करना, to ~ (**in**) a plot जंगला लगा कर ज़मीन (के टुकड़े) को घेर लेना, to ~ **off** a portion of the field जंगला लगा कर खेत के एक हिस्से को अलग कर देना, 2 (of horse) जंगला फांद जाना, 3 (चोरी के माल का) क्रय-विक्रय करना, 4 *vi* तलवार चलाना, पटा चलाना, गतका खेलना; (*fig*) to ~ **with** a question *or* questioner सवाल का सीधा जवाब न देना, टालना

fencing फ़ॅन्सिङ्ग *n* 1 जंगला, बाड़, घेरा, 2 जंगला या बाड़ लगाना, 3 तलवार का खेल, पटेबाज़ी [~-master, ~-match]

fend फ़ॅन्ड *vt* & *i* परे हटाना, to ~ **off** a blow etc वार रोकना या बचाना; *vi* to ~ **for** s.o. किसी के लिए सामान जुटाना, **to** ~ **for oneself** अपने लिए स्वयं सामान जुटाना, अपनी ज़रूरतें आप पूरी करना, अपनी मदद आप करना [When his parents died, Sham had to ~ for himself]

fender फ़ॅन्डर *n* 1 अंगीठी का जंगला (जो कोयलों को बाहर गिरने से रोकता है), 2 टक्कर रोकने वाली चीज़, टक्कर-रोक, मडगार्ड आदि, 3 इंजन-छाज

fenestration फ़ॅनिस्ट्रेशन *n* इमारत में खिड़कियां लगाना, खिड़कियां लगाने की शैली या विन्यास

fennel फ़ॅनल *n* सौंफ़

feoff फ़ॅफ़ (= fief) माफ़ी की जागीर, करमुक्त जागीर

feoffee फ़ॅफ़ी *n* (*hist*) व्यक्ति जिसे कर-मुक्त या माफ़ी की जागीर दी गई हो, माफ़ीदार

feoffment फ़ॅफ़्मन्ट *n* (*hist*) कर-मुक्त जागीर हस्तान्तरित करने की विशेष विधि

feral फ़िअरल *a* 1 जंगली, वन्य, (पशु) जो पालतू न हो, जिसे सधाया न गया हो, 2 निर्दय, क्रूर

feretory फ़ॅरिटरि *n* (सन्त या साधु के अवशेष रखने के लिए) समाधि, कब्र

ferment¹ फ़र्मॅन्ट *n* 1 ख़मीर, किण्व, 2 ख़मीर उठना, ख़मीर उठाना, उबाल, उफान, 3 हलचल, खलबली, हुल्लड़, बेचैनी, विक्षोभ, उत्तेजना [The whole town was in a ~]

ferment² फ़र्-मॅन्ट *vi* & *t* 1 ख़मीर उठना, उबाल आना, बुलबुले उठना, बुदबुदाना, 2 (of people) उत्तेजित होना, भड़क उठना, जोश में आना, 3 *vt* ख़मीर उठाना, to ~ wine शराब बनाना, 4 जोश दिलाना, उत्तेजित करना; **fermentation** *n* 1 ख़मीर उठना, किण्वन, 2 उत्तेजना, जोश, हलचल

fern फ़र्न *n* एक प्रकार की घास, फ़र्न

ferocious फ़रोशस *a* उग्र, भयानक, क्रूर, ज़ालिम, ख़ूंखार, वहशी, वहशियाना, बर्बर, बर्बरतापूर्ण

ferocity फ़रॉसिटी *n* 1 उग्रता, भयानकता, क्रूरता, वहशीपन, जंगलीपन, वहशत, बर्बरता, 2 क्रूरकर्म, वहशियाना काम या हरकत

ferreous फ़ॅरिअस *a* जिसमें लोहे का अंश हो, लोहमय, लोहयुक्त, लौह

ferret¹ फ़ॅरिट *n* 1 यूरोप में पाई जाने वाली एक प्रकार की बिल्ली (जिसे चूहे मारने और खेतों और बिलों से खरगोश भगाने के लिये पाला जाता है), 2 खोजी, जासूस, गुप्तचर

ferret^{2} *vi* & *t* 1 (बिल्ली की सहायता से) चूहों, खरगोशों आदि को मारना या भगाना या पकड़ना, 2 *fig* ढूंढना, खोजना, तलाश करना, पता लगाना, to ~ out (a secret, criminal, etc)

ferriage फ़ॅरिइज *n* (f. ferry) 1 नाव का भाड़ा, उतराई, 2 नाव द्वारा (यात्री को) पार पहुंचाना

ferric फ़ॅरिक *a* जिसमें लोहे का अंश हो, लोहमय, लोहयुक्त

ferro-magnetic *a* लोह-चुम्बकीय, **ferro-magnetism** *n* लोहचुंम्बकत्व

ferrous फ़ॅरस *a* (*chem*) जिसमें लोहे का अंश हो, लौह, लोहमय [~ and non-~ metals]

ferruginous फ़रूजिनस *a* 1 लोहमय, लोहयुक्त, लौह, 2 गेरुआ, जोगिया

ferrule, -rel फ़ॅरूल, फ़ॅरल *n* 1 लोहे का छल्ला (जो लोहे की नाली के जोड़ पर लगाया जाता है), जोड़-चूड़ी, चूड़ी-छल्ला; फ़ेरूल, 2 (छड़ी आदि के सिरे पर लगाने की) शाम, शामी

ferry^{1} फ़ॅरि *vi* & *t* 1 (नाव का) नदी या नहर या झील के आर-पार जाना [to ~ **across, over,** the river, canal, lake, etc], 2 *vt* (यात्रियों या सामान को नाव द्वारा) पार पहुंचाना, खेप ले जाना, ढोना [Will you ~ me across?]

ferry^{2} *n* 1 घाट, नाव-घाट, उतारा, 2 *law* घाट पर नाव चलाने और यात्रियों से भाड़ा लेने का अधिकार, 3 अन्तरिक्षयात्री को ग्रह की सतह से अन्तरिक्ष यान में पहुंचाने का साधन या उपकरण, 4 **~-boat** यात्रियों को पार उतारने वाली नाव; **~man** नाविक, मांझी

fertile फ़र्टाइल *a* 1 उपजाऊ, उर्वर, उर्वरा, अच्छी फ़सल पैदा करने वाली (भूमि), बहुफलदायक, 2 *fig* (of brain) सूझबूझ वाला, प्रतिभावान्; **fertility** फ़र्टिलिटी *n* 1 उपजाऊपन, उर्वरता, उपजशक्ति, 2 जननक्षमता, प्रजननशक्ति; ~ rate प्रजनन दर

fertilization *n* 1 उर्वरीकरण, 2 गर्भाधान, निषेचन, संसेचन

fertilize फ़र्टिलाइज़ *vt* 1 (भूमि को) उर्वर या उपजाऊ बनाना, 2 (स्त्री या मादा को) गर्भवती करना, गर्भाधान करना, 3 संसिक्त करना [to ~ an egg or ovum]; **~r** *n* रासायनिक खाद, उर्वरक

ferule फ़ॅरूल *n* & *vt* (शिष्यों को पीटने के लिए अध्यापक का चपटा) डंडा; *vt* डंडे से पीटना

fervent फ़र्वन्ट *a* 1 गरम, देदीप्यमान, 2 उत्साही, जोशीला, लगन वाला [~ lover] भावनापूर्ण, जोशभरा [~ love], उत्कट [~ hatred], **~ly** *adv* बड़े उत्साह या जोश से

fervid फ़र्विड *a* = fervent 2 **~ly** *adv* = fervently

fervour फ़र्वर *n* 1 दीप्ति, ताप, गर्मी, 2 उग्रता, प्रचण्डता, जोश, उत्साह, शौक, लगन

festal फ़ॅस्टल *a* (f. feast) 1 उत्सव का, त्योहार का [a ~ occasion], 2 उत्सव मनाने वाला, 3 खुश, प्रफुल्ल, प्रफुल्लचित्त, आनन्दमय

fester फ़ॅस्टर *vi* & *t* & *n* 1 (घाव या फोड़े में) पीप पड़ जाना, घाव पकना, फोड़ा बनना, गलना, सड़ना, 2 (of poison, disease, grief) पीड़ा देना, दुःखदायी होना, चुभना, टीस मारना, 3 *vt* पीप पैदा करना, सड़ाना; *n* पीपयुक्त घाव, सड़न, पीपयुक्त अवस्था; **~ing** *a* (of wound) जिसमें पीप पड़ गई हो, पीपयुक्त

festival फ़ॅस्टिवल *n* 1 उत्सव, त्योहार, मेला, पर्व, पर्व का दिन, रंगरली, 2 समारोह, संगीत-समारोह

festive फ़ॅस्टिव *a* 1 उत्सव का, त्योहार का, 2 खुशी का, आनन्द का, 3 उत्सव मनाने का शौकीन, ज़िन्दादिल, हँसमुख, खुशमिजाज, आनन्दी

festivity फ़ॅस्टिविटि *n* 1 उत्सव, खुशी, 2 in *pl* धूमधाम, समारोह, जलसा, जशन [Wedding festivities]

festoon फ़ॅस्टून *n* & *vt* फूलों, पत्तों, फ़ीतों आदि की झालर जो दोनों सिरों से बांध कर लटकाई जाती है, बन्दनवार, झालर; *vt* बन्दनवार से सजाना, (फूलों आदि की) वन्दनवार बनाना

fetch फ़ॅच *vt* & *i* & *n* 1 (किसी चीज या व्यक्ति को) जाकर ले आना, लाना, बुला लाना F~ a doctor; Go and ~ a doctor जाओ, डाक्टर को बुला लाओ; to ~ water from the well कूएँ से पानी भर लाना, 3 (इतनी कीमत पर) बिकना, (दाम) वसूल होना, [The ring ~ed a high price], 4 to ~ blood, tears, etc खून, आंसू, निकालना, to ~ a sigh आह भरना, 5 to ~ s.o. a blow किसी को घूंसा या थप्पड़ लगाना, 6 **to ~ up** (i) उठा कर ऊपर ले आना, (ii) (खायापिया) कै कर देना, 7 **to ~ and carry for s.o.** किसी के लिए चीजें उठाये फिरना, नौकर की तरह किसी के छोटे-मोटे काम करना; *n* धोखा, झांसा, छल, चकमा, चरका

fête फ़ेट *n* & *vt* उत्सव, मेला; *vt* to ~ s.o. स्वागत करना, भोज देना, आतिथ्य करना, ख़ातिरदारी करना

fetid, foe- फ़ीटिड, फ़ॉटिड *a* बदबूदार, दुर्गन्धयुक्त; **~ness** *n* दुर्गन्ध

fetish फ़ॅटिश *n* 1 जड़ पदार्थ जिसे जंगली लोग दैवीशक्ति-सम्पन्न या प्रेताविष्ट मान कर पूजते हों, 2 ऐसी बात या चीज जिस पर लोगों का अन्धविश्वास हो, अंधविश्वास, जड़ पूजा, प्रेत पूजा; **~ist** *n* जड़पूजा करने वाला, प्रेत-पूजा करने वाला, अन्धविश्वासी; **~ism** *n* जड़ पूजा, अन्धविश्वास

fetlock फ़ॅटलॉक *n* (घोड़े का) टख़ना

fetter फ़ॅटर *n* & *vt* 1 पैर बांधने की ज़ंजीर शृंखला, बेड़ी, 2 (in *pl*) (i) कैद, बन्धन, (ii) रोक रुकावट, पाबंदी; *vt* 1 (किसी को) बेड़ियां डालना

किसी के हाथ-पैर बांधना, जकड़ना, 2 *fig* बन्धन लगा देना, नियन्त्रित करना; ~**less** *a* बन्धनरहित, स्वच्छन्द, स्वतंत्र, बेरोक, अनियन्त्रित

fettle फ़ेटल *n* 1 दशा, अवस्था, हालत, 2 व्यवस्था, तैयारी, साज-सज्जा, 3 **to be in fine** *or* **good** ~ (i) अच्छी दशा में होना, स्वस्थ होना, (ii) सुव्यवस्थित होना, सुसज्जित होना

fetus (U.S.) = foetus

feud[1] फ़्यूड *n* दो घरानों या कुलों का पुराना वैर (जिसके कारण दोनों कुलों में एक दूसरे के लोगों की हत्या करने और बदला लेने का क्रम-चलता रहता है), कुलवैर, ख़ानदानी या पुश्तैनी वैर; **to be at ~ with s.o.** किसी के साथ पुरानी शत्रुता होना

feud[2] *n* जागीर, भूसंपदा

feudal फ़्यूडल *a* जागीर का, जागीरदारी का, ~ system मध्ययुगीन यूरोप में जागीरदार और रैयत के पारस्परिक संबंधों पर आधारित शासन-पद्धति; सामन्त-प्रथा, सामन्तशाही; ~**ism** *n* सामन्त-प्रथा, जागीरदारी प्रथा; सामन्तशाही, सामन्तवाद; ~-**ist** *n* सामन्तवादी, सामन्तशाही का समर्थक; ~**ly** *adv* सामन्त पद्धति के अनुसार

feudatory फ़्यूड-टरि *a* & *n* (राजा या सामन्त) के अधीन, का वफ़ादार [~ **to**]; *n* स्वामिभक्त जागीरदार

fever फ़ीवर *n* & *vt* 1 ज्वर, बुख़ार, ताप, 2 घबराहट, बेचैनी, खलबली, अशांति, आवेग, ~ **pitch** बहुत अधिक उत्तेजना या जोश; *vt* (किसी को) बुख़ार चढ़ाना; घबराहट पैदा करना

feverish फ़ीवरिश *a* 1 ज्वरग्रस्त, ज्वरित, 2 उत्तेजित, बेचैन, अशान्त, 3 आवेगपूर्ण, जोशभरा, सरगर्म, तेज़ी के साथ होने वाला [~ activity], 4 (of place, climate) बुख़ार लाने वाला [N.B. In this sense feverous is preferable]

feverous फ़ीवरस *a* (of place, climate) बुख़ार लाने वाला, ज्वरप्रद

few फ़्यू *a* & *n* कम, बहुत कम, थोड़े, इने-गिने, कुछ, चन्द; He has read few books उसने बहुत कम पुस्तकें पढ़ी हैं; **a man of few words** बहुत कम बोलने वाला, अल्पभाषी, **every few days** हर तीसरे या चौथे दिन; Such occasions are ~ ऐसे अवसर बहुत कम आते हैं, **a few** कुछ, थोड़े से, in a ~ minutes कुछ ही मिनटों में [I have a few friends in London; He spoke a few words]; **quite a** ~ काफ़ी, **not a** ~ बहुतेरे; **some** ~ कुछ (परन्तु बहुत नहीं); *n* कुछ लोग, विरले, Few have such a chance ऐसा मौका विरलों को ही मिलता है; the fortunate few कतिपय भाग्यशाली व्यक्ति

fiance' F फ़्यांसे *n* मंगेतर, जिसके साथ मंगनी हुई हो, (*fem*) **fiance'e**

fiasco फ़िऐस्को *n* घोर और लज्जाजनक असफलता, टांय-टांय फिस

fiat फ़ाइऐट *n* आदेश, आज्ञा, अधिकार-प्रदान, ~ money (सरकार के आदेश से चलाई गई) कागज़ी मुद्रा, पत्रमुद्रा

fib फ़िब *n* & *vi* (-bb-) झूठ, गप; *vi* झूठ बोलना, गप मारना या हांकना

fibre फ़ाइबर *n* 1 तार, सूत, धागा, रेशा [cotton ~, hemp ~]; शीशे आदि का तार, 2 तंतु, तांत, रग, नस, 3 रेशेदार चीज़ [plastic ~], 4 ऐसी चीज़ जिसे काता और बुना जा सके, 5 स्वभाव, प्रकृति, मिज़ाज, a man of coarse ~ रूखे स्वभाव का आदमी, अशिष्ट, उजड्ड; a person of strong moral ~ सच्चरित्र या सदाचारी व्यक्ति, 6 ~ **glass** (i) कांच के तन्तुओं से बुना वस्त्र, (ii) कांचवस्त्रयुक्त प्लास्टिक, तन्तुकांच

fibrous फ़ाइब्रस *a* रेशेदार, तन्तुमय

fibroma फ़ाइब्रोम: *n* तन्तुमय अर्बुद या फोड़ा, तन्तु अर्बुद

fibula फ़िब्यूल: *n* घुटने से टख़ने तक की मुख्य हड्डी, बहिर्जंघिका, ~**r** *a* बहिर्जंघिका का

fickle फ़िकल *a* 1 चंचल, अस्थिर [~ lover], 2 परिवर्तनशील, बदल जाने वाला [~ fortune], 3 ~-**minded** अस्थिर-चित्त; ~**ness** *n* 1 चंचलता, अस्थिरता, 2 परिवर्तनशीलता

fictile फ़िक्टाइल *a* 1 कुम्हार द्वारा मिट्टी से निर्मित, 2 मिट्टी के बर्तनों का

fiction फ़िक्शन *n* 1 ढोंग, स्वांग, 2 कल्पना, कपोलकल्पना, बनावटी बात, झूठी बात, गढ़न्त, 3 काल्पनिक कथा, कहानी, किस्सा, गल्प, उपन्यास; ~**al** *a* कल्पित

fictitious फ़िक्टिशस *a* 1 कल्पित, काल्पनिक, झूठा, फ़र्ज़ी, ~ being काल्पनिक प्राणी, ~ name फ़र्ज़ी नाम, ~ character काल्पनिक पात्र, 2 कृत्रिम, बनावटी, नकली, 3 उपन्याससंबंधी, औपन्यासिक

fid फ़िड *n* (*naut*) (लकड़ी के टुकड़ों को जोड़ने के लिए) लकड़ी की गावदुम मेख़

fiddle फ़िडल *n* & *vi* & *t* सारंगी की तरह का बाजा, बेला, वायलिन; **to play first** ~ मुख्य भूमिका निभाना, नेता या अगुआ होना; **to play second ~ to s.o.** किसी की अपेक्षा कम महत्व की भूमिका निभाना, दूसरे दर्जे पर होना; *vi* 1 बेला या सारंगी या वायलिन बजाना, 2 खेलवाड़ करना, बेकार रहना, 3 *vt* समय नष्ट करना [to fiddle away one's time]; 4 ~**r** सारंगी या वायलिन बजाने वाला; ~-**de-dee** *int* & *n* बेकार की बात, खुराफ़ात; ~**stick** (सारंगी का) गज़

fiddle-faddle फ़िडल्-फ़ैडल *n* & *a* तुच्छ चीज़, निकम्मी बात, निकम्मा आदमी; *a* तुच्छ, निकम्मा, आवारा

fidelity फ़िडेलिटि *n* 1 वफ़ादारी, स्वामिभक्ति, निष्ठा [~ to s.o.], 2 तथ्य या मूल के अनुरूप होना, हू बहू होना [to translate sth with ~], (of radio etc) मूल के अनुरूप ध्वनि आदि प्रस्तुत

करना, तद्रूपता

fidget^1 फ़िजिट *n* 1 (शारीरिक या मानसिक) बेचैनी (जिसके कारण व्यक्ति हिलने-डोलने या अंगों को ऐंठने लगता है), घबराहट, कुलबुलाहट, अशांति, to have the ∼s एक जगह आराम से न बैठ सकना, घबराहट होना, कुलबुलाना, 2 जल्दी घबरा जाने वाला या दूसरों में घबराहट पैदा करने वाला व्यक्ति [What a ∼ you are!]

fidget^2 *vi & t* कुलबुलाना, घबराहट से हिलना-डोलना, आराम से न बैठ सकना, (मन में) घबराहट होना; *vt* (दूसरे में) घबराहट पैदा करना

fidgety फ़िजिटि *a* घबराहट के कारण हिलते-डोलते रहने वाला, चंचल; चुलबुला [a ∼ child], जल्दी घबरा जाने वाला, घबराया हुआ [a ∼ person]

fiduciary फ़िडच्यूशियरि *a* & *n* 1 न्यास का, न्यासी या न्यासधारी का, न्यासीय, 2 न्यास के रूप में या अमानत के तौर पर रखा हुआ, न्यासवत्, 3 (of paper currency) जनता के विश्वास या प्रत्यय पर आधारित, ∼ currency प्रत्ययी मुद्रा *i.e.* करंसी नोट, काग़ज़ी मुद्रा; *n* न्यासी, न्यासधारी

fie फ़ाइ *int* धिक्कार, छिः छिः

fief फ़ीफ़ *n* कर-मुक्त या माफ़ी की जागीर

field^1 फ़ील्ड *n* 1 खेत, क्षेत्र; चरागाह, चरनी; मैदान, 2 वह प्रदेश जहां खानें पाई जाती हों, **mine-∼** खान-प्रदेश, खान-क्षेत्र, **coal-∼** कोयला-क्षेत्र, 3 लड़ाई का मैदान, युद्ध-क्षेत्र, युद्ध-भूमि; **a fair ∼ and no favour** प्रतियोगिता में सब के लिए समान अवसर, किसी के साथ पक्षपात न होना, **to hold the ∼** मैदान में डटे रहना, **to take the ∼** कार्य या युद्ध आरंभ करना, 4 खेल का मैदान, 5 (*crick*) गेन्दबाज़ी वाला पक्ष, इस पक्ष का खिलाड़ी, 6 कार्यक्षेत्र, क्षेत्र, field of science विज्ञान का क्षेत्र, 7 *comb*: ∼ **artillery, field-gun** युद्ध क्षेत्र में काम आने वाली हल्की तोप (या तोपें), ∼**-day** (*mil*) युद्ध-अभ्यास का दिन; (*fig*) महत्वपूर्ण अवसर या दिन; ∼**-glasses** दूरबीन, ∼ **hospital** युद्ध क्षेत्र के निकट बनाया गया अस्पताल, **Field Marshal** सेना का सर्वोच्च अधिकारी, फ़ील्ड-मार्शल; ∼**-mouse** जंगली चूहा; ∼**-work** (i) दफ़्तर से बाहर का काम, क्षेत्रकार्य, (ii) *mil* अस्थायी मोर्चाबन्दी

field^2 *vi & t* 1 (*crick*) (दूसरे पक्ष को) खेलाना, 2 to field the ball गेन्द रोकना (और गेन्दबाज के पास फेंकना); ∼**er** *n* गेन्दबाजी करने वाले पक्ष का खिलाड़ी, फ़ील्डर

fiend फ़ीन्ड *n* 1 शैतान 2 दैत्य, दानव, राक्षस, 3 अमानुषिक अत्याचार करने वाला व्यक्ति, अतिक्रूर व्यक्ति, नरपशु, 4 (often joc) सताने वाला, तंग करने वाला, these interviewer-fiends ये भेंट करने वाले पत्रकार जो आपका पीछा नहीं छोड़ते, *colloq* शौकीन, भक्त, व्यसनी, a drug ∼ नशीली वस्तु का व्यसनी, a camera ∼ कैमरे का शौकीन; ∼**ish** *a* दानवी, राक्षसी, क्रूर

fierce फ़िअर्स *a* 1 उग्र, प्रचंड, तीव्र, तीखा, तेज़, प्रबल, भीषण, घोर, जबरदस्त, ∼ battle घोर युद्ध, ∼ **fire** धधकती हुई आग, ∼ **wind** तेज़ हवा, 2 (of desire) उत्कट, प्रबल, 3 ख़ूंखार [∼ dogs], भयानक, विकराल, [a ∼ look on one's face]; ∼ly *adv* 1 उग्रता से, 2 तेज़ी के साथ, 3 पूरे जोश या ज़ोर से, जान लड़ा कर; ∼**ness** *n* 1 उग्रता, प्रचंडता, तीव्रता, तीक्ष्णता, प्रबलता, उत्कटता, जोश, तेज़ी, 2 भयानकता, भीषणता, विकरालता, वहशत

fiery फ़ाइअरि *a* 1 जलता हुआ, धधकता हुआ, आग उगलता हुआ, गरम, अग्नि के समान [a ∼ sky], 2 अदम्य, बेकाबू [a ∼ horse], (of person) उग्र, क्रोधी, गुस्सैल, जोशीला, उत्साही, ओजस्वी, 3 (of gas) भभक या धधक उठने वाला, 4 (of mine) जिसमें विस्फ़ोट होने का डर हो

fife फ़ाइफ़ *n* बांसुरी, मुरली, वेणु; ∼**r** *n* बांसुरी बजाने वाला, वेणुवादक

fifteen फ़िफ़्टीन *a* & *n* पन्द्रह; *n* A Rugby ∼ (रगबी फुटबाल में) एक पक्ष के पन्द्रह खिलाड़ी; ∼**th** *a* & *n* पन्द्रहवां, पन्द्रहवीं; *n* पन्द्रहवां भाग या अंश

fifth फ़िफ़्थ *a* & *n* 1 पांचवां; fifth part पांचवां हिस्सा, 2 (*n*) = fifth part; 3 **fifth column** देशद्रोही लोग, विदेशी आक्रमणकारी के साथ मिल जाने वाले लोग; fifth columnist देशद्रोही, पंचमांगी, जासूस

fifty फ़िफ़्टि *a* & *n* पचास, to go **fifty-fifty with s.o.** किसी को आधा हिस्सा देना, आधों-आध करना, on a fifty-fifty basis आधों-आध; **fiftieth** *a* & *n* पचासवां (भाग)

fig^1 फ़िग *n* 1 अंजीर (पेड़ और फल), 2 तुच्छ या बेकार वस्तु, **I don't care a fig for him** मुझे उसकी रत्ती भर परवाह नहीं है

fig^2 *n* पोशाक, वेश-भूषा, साज-सज्जा, साज-सामान; in full fig पूरी वेश-भूषा के साथ; in fine *or* good fig सुसज्जित, तैयार, सन्नद्ध

fight^1 फ़ाइट *vi & t* (fought) 1 लड़ना, लड़ाई करना, युद्ध करना, लोहा लेना, टक्कर लेना [to ∼ **against, with, s.o.**], 2 झगड़ना, हाथापाई करना, मार-पीट करना, मुक्कम-मुक्का करना, 3 मुकाबला करना, रोकने या ख़त्म करने का यत्न करना [to ∼ **against** disease], 4 संघर्ष करना [to ∼ **for** one's rights etc.], 5 to ∼ **for** s.o. किसी की ओर से लड़ना, लड़ाई में किसी का साथ देना, 6 *vt* to ∼ s.o. किसी के साथ लड़ना, किसी का मुकाबला करना, 7 to ∼ **a fire** आग बुझाने की कोशिश करना, आग बुझाना, 8 to ∼ **off** (the enemy) खदेड़ देना, पीछे धकेल देना, 9 **to ∼ it out** किसी बात का फ़ैसला लड़ कर करना, फ़ैसला होने तक लड़ते रहना, **to ∼ to a**

finish (see finish^{2}), **10** to ~ **shy of s.o., sth** किसी व्यक्ति या काम से कतराना, दूर रहना, बचना, किनारा करना

fight^{2} *n* **1** लड़ाई, युद्ध, रण, संग्राम, **2** मार-पीट, हाथापाई, मुठभेड़, भिड़न्त, झगड़ा, **3** संघर्ष, (घोर) प्रयत्न, कोशिश, **4** लड़ने की हिम्मत या क्षमता, There's no ~ left in him अब उसमें लड़ने की हिम्मत नहीं रही, **5 to give** ~ लड़ना, मुकाबला करना, **6 to show** ~ लड़ने को तैयार हो जाना, (डट कर) मुकाबला करना, यों ही हार न मानना, **to put up a** ~ मुकाबला या विरोध करना

fighter फ़ाइटर *n* **1** लड़ने वाला, लड़ाका [~ **for** a cause], **2** शत्रु का पीछा करने वाला विमान, लड़ाकू विमान; ~**-bomber** बमवर्षक लड़ाकू विमान

figment फ़िग्मन्ट *n* **1** गढ़न्त, कपोल-कल्पना, बनावटी या झूठी बात, **2** काल्पनिक वस्तु, कल्पना की सृष्टि [a ~ of the imagination]

figuration फ़िग्युरेशन *n* **1** मूर्त्तीकरण [~ of an idea], **2** मूर्त्ति, आकार, रूप, रेखाकृति, ख़ाका, नक्शा [~ of an object], **3** लाक्षणिक प्रयोग

figurative फ़िग-र-टिव *a* **1** प्रतीकात्मक, प्रतीक-स्वरूप, आदर्शस्वरूप, **2** (of language etc) आलंकारिक, अलंकारमय, (of meaning) लाक्षणिक

figure^{1} फ़िगर *n* **1** आकृति, आकार, रूप, शक्ल, सूरत, चेहरा-मोहरा, **2** शरीर का गठन, डील-डौल, to have a fine ~ शरीर सुडौल होना, **to keep one's** ~ शरीर को सुडौल बनाये रखना, मोटा न हो जाना, **3** चित्र, मूर्त्ति, प्रतिमा, **4** व्यक्ति, आदमी [I saw a ~ moving about in the dark]; the central ~ (of a drama) मुख्य पात्र, प्रधान व्यक्ति, **5 to make** *or* **cut a brilliant** ~ शानदार पार्ट अदा करना, **to make** *or* **cut a sorry** (*or* **poor**) ~ अपना पार्ट अच्छी तरह अदा न कर पाना, बिल्कुल नाकाम रहना, घटिया काम करना, **6** नक्शा, ख़ाका, **7** बेलबूटे, **8** (*geom*) आकृति, **9** *arith* अंक, आंकड़ा, **double** ~s, 10 से 99 तक की संख्या, **three** ~**s** 100 से 999 तक की संख्या, income of four ~s; **four-~ income** 1000 से 9999 रुपये तक की आय; Got it at a low, high, ~ मैंने यह चीज़ सस्ती, महँगी, ख़रीदी, **10 figure** (also, **figure of speech**) अलंकार, अर्थालंकार, **11** ~**-head** नाम-मात्र का अध्यक्ष या प्रधान (जिसे कोई अधिकार प्राप्त न हो)

figure^{2} *vt & i* **1** चित्र बनाना, चित्रित करना. **2** कल्पना करना, ख़्याल में लाना, मानसिक चित्र बनाना [to ~ sth (to oneself)], **3** (किसी बात का) प्रतीक होना, **4** (कपड़े पर) बेल-बूटे बनाना [~d satin], **5** नम्बर लगाना, हिसाब करना या लगाना, जोड़ करना; **to** ~ **out** *vi* कुल जोड़ होना [The total figures out at Rs 80.]; *vt* to ~ out the expense ख़र्च का मीज़ान लगाना, **to** ~ **s.o. out** सोच-विचार कर के किसी को समझ पाना [I can't ~ that man out], **6** *vi* (नाम) होना, नाम लिया जाना [Chanakya ~s **in** history], सुव्यक्त होना, साफ़ दिखाई देना [His name ~s **on** the list]; to ~ **as** के रूप में सामने आना, समझा जाना, मान लिया जाना

figured *a* आकृतियों या चित्रों से सुसज्जित, चित्रित [~ glass, silk, etc.]

figurine फ़िग्युअरीन *n* छोटी मूर्त्ति या प्रतिमा, लघु मूर्त्ति या प्रतिमा, मूर्तिका

filament फ़िल-मन्ट *n* **1** (प्राणियों, वनस्पतियों में) तन्तु, तान्त, रेशा, **2** (बिजली के बल्ब में) धातु का पतला तार (जो गरम हो कर प्रकाश देता है), तन्तु

filaria फ़िलेॅअरिय: *n* ज्वर-कारक कृमि-विशेष; **filariasis** फ़िल-राइअसिस *n* फ़ाइलेरिया ज्वर

filature फ़िल-चर *n* रेशम के कोयों से धागा निकाल कर चरख़े पर लपेटने का काम, सूत्रण; इस काम का कारख़ाना

filbert फ़िल्बर्ट *n* एक प्रकार का बादाम; इसकी गिरी

filch फ़िल्च *vt* (छोटी-मोटी चीज़) चुराना, उठा लेना, उड़ा लेना; ~**er** *n* उठाईगीर, चोर, उचक्का

file^{1} फ़ाइल *n & vt* **1** रेती, to bite, gnaw, a file अपने से न हो सकने वाला काम करने की कोशिश करना; *vt* रेतना, रेती से रगड़ना, रेती से रगड़ कर समतल या हमवार करना [to ~ one's finger-nails], to ~ **away, off** (roughness etc) रेती से रगड़कर खुरदरापन दूर करना

file^{2} *n & vt* **1** कागज़-पत्रों को पिरो कर रखने का कड़ा नुकीला तार, कागज़ों को एक साथ रखने का क्लिप आदि, **2** नत्थी करके क्रम से रखे हुए कागज़-पत्र, फ़ाइल, मिसिल; *vt* **1** (कागज़-पत्रों को) फ़ाइल में रखना, फ़ाइल करना, **2** to ~ an application, petition, etc आवेदनपत्र देना, अर्ज़ी देना, अर्ज़ी दाख़िल करना, **to** ~ **a suit** मुकदमा दायर करना, **3** (*of reporter*) to ~ a story etc समाचारपत्र को समाचार आदि भेजना

file^{3} *n & vi* **1** ऐसी पंक्ति जिसमें लोग एक-दूसरे के पीछे खड़े हों, पांत, कतार, तांता, सिलसिला; **in single, Indian, file** इकहरी पंक्ति या कतार बांध कर, **the rank and file** साधारण सैनिक; *fig* साधारण सदस्य; *vi* पंक्ति या कतार बांध कर चलना; to ~ **away, off** पंक्ति बांध कर चले जाना, to ~ **in, out** कतार बांध कर अन्दर आना, बाहर जाना

filial फ़िलिअल *a* जिसकी पुत्र या पुत्री से अपेक्षा की जाये, पुत्रोचित, पुत्र का, पुत्रीय, filial duty (माता-पिता के प्रति) सन्तान का कर्तव्य

filiation फ़िलियेशन *n* **1** किसी की सन्तान होना, किसी का पुत्र या किसी की पुत्री होना, पुत्रत्व, वंशज होना; उद्भव, उद्गम, उत्पत्ति [~ from], **2** वंशानुक्रम, वंशावली, **3** शाखाएं निकलना, (भाषा, जाति आदि की) शाखा

filibuster फ़िलिबस्टर *n* & *vi* 1 (संसद् आदि में) लंबा भाषण देकर काम में बाधा डालने की चाल, विघ्नकारी चाल, 2 दूसरे राष्ट्र के साथ अनधिकृत युद्ध में भाग लेने वाला; *vi* लंबा भाषण देकर (संसद् आदि के) काम में बाधा डालना; ~**er** *n* विघ्नकारी व्यक्ति

filigree फ़िलिग्री *n* 1 सोने या चांदी के महीन तार का काम, तारकशी, ज़रदोज़ी, ज़री का काम, 2 (धातु पर) नक्काशी का काम, 3 कोई नाज़ुक, हल्की, सुन्दर परन्तु जल्दी टूटने वाली चीज़

filing फ़ाइलिंग *n* (usu in *pl*) रेती से रगड़ने पर निकले हुए छोटे-छोटे टुकड़े, बुरादा, चूरा, रेतन

fill^{1} फ़िल *vt* & *i* 1 भरना, भर जाना [to ~ a glass; the hall is beginning to ~], 2 (भोजन आदि से) छकाना, तृप्त करना, 3 to ~ a tooth दान्त (के छेद को) भरना, 4 **to** ~ **a post** पद पर किसी को नियुक्त करना, 5 to ~ a position *or* office पद पर होना, पद का काम निभाना, 6 to ~ vacant time खाली समय काटने के लिए कोई काम करना, 7 **to** ~ **in the blanks** (लेख, अभिलेख में) रिक्त स्थानों को भरना, ख़ानापुरी करना, to ~ in a cheque चैक लिखना, 8 to ~ **out** (गुब्बारे आदि को) पूरा फुलाना, (गुब्बारे का) पूरा फूलना, 9 to ~ **up** मुंहामुंह भरना, किनारे तक भरना, पूरा भर देना, **filling** *n* 1 दान्त में भरने की चीज़, भरत; **filling station** पेट्रोल (भरने का) केन्द्र

fill^{2} *n* 1 खाद्य या पेय की पर्याप्त मात्रा, **to eat one's** ~ भरपेट खाना, छकना, **to drink one's** ~ जी भर कर पीना, पीकर तृप्त हो जाना, to weep one's ~ खूब रोना, 2 तृप्त करने वाली मात्रा [**to have one's** ~ **of** sth]

fillet फ़िलिट *n* & *vt* 1 सिर पर बांधने का फ़ीता, पट्टी, पट्टिका, बालों को बांधने के लिए फ़ीता या डोरा, 2 (in *pl*) पशु का कूल्हा, 3 पुट्ठे का गोश्त, 4 (cookery) गाय-बैल या बछड़े के पुट्ठे का मांस (जिसे हड्डी निकाल कर लपेट और बांध दिया गया हो); *vt* फ़ीते से बांधना

fillip^{1} फ़िलिप *n* & *vt* 1 चुटकी बजाने के लिए अंगूठे को मध्यमा उंगली पर रखकर एकाएक छटकाना, 2 चुटकी बजाने से लगने वाला हल्का आघात, 3 प्रेरणा, प्रोत्साहन, बढ़ावा, **to give a** ~ **to industry** उद्योग-धंधों को प्रोत्साहन या बढ़ावा देना; *vt* 1 हल्का धक्का देना, धकेलना, 2 (कांच की गोली, सिक्के आदि को) उंगली के सिरे से ठोकर मार कर सरकाना, 3 उद्दीप्त करना, जगाना [to ~ one's memory, wits, etc]

filly फ़िलि *n* 1 बछेड़ी, 2 *sl* चपल किशोरी

film फ़िल्म *n* & *vt* & *i* 1 झिल्ली, पतली परत, 2 (फ़ोटो उतारने की) फ़िल्म, 3 (सिनेमा के चित्र लेने की) फ़िल्म, चलचित्र, ~ **star** प्रसिद्ध सिनेमा-अभिनेता, फ़िल्मी सितारा, 4 (आंखों का) जाला, धुंध, 5 (वातावरण में धुंध आदि का) झीना पर्दा या आवरण, 6 पतला धागा, रेशा; *vt* 1 चलचित्र बनाना, फ़िल्माना [to ~ a play, scene, etc.], 2 *vi* झिल्ली या पतली परत से ढक जाना, 3 (आंखों में) जाला पड़ना

filter^{1} फ़िल्टर *n* & *vt* & *i* छानने का यन्त्र, छन्ना, छन्नी, फ़िल्टर, ~-**paper** छानने का कागज़, छन्ना कागज़

filter^{2} *vt* & *i* 1 छानना, साफ़ करना; छनना, छन कर आना, टपकना; to ~ **out** (छान कर या अन्यथा) अलग करना, 2 *vi* (*of news etc*) to ~ **out, through** पता लग जाना

filth फ़िल्थ *n* 1 गन्दगी, मल, कूड़ा-करकट, कचरा, 2 नीचता, भ्रष्टता, चरित्रहीनता, अश्लीलता, 3 अश्लील भाषा [to talk ~]

filthy फ़िल्थि *a* 1 गन्दा, गन्दगी से भरा, मैला, 2 नीच, भ्रष्ट, चरित्रहीन, बदमाश, लुच्चा, 3 (of talk etc.) अश्लील, 4 ~ **lucre** बुरे कामों से अर्जित धन, दूषित धन

filtrate फ़िल्ट्रेट *n* छाना हुआ द्रव, छानी हुई मदिरा, **filtration** *n* छानना, छनाई

fin फ़िन *n* मछली के शरीर में दोनों ओर अनेक स्थानों पर लगे हुए पंख जो उसे तैरने में चप्पु का-सा काम देते हैं, पंख, पंखड़ा

final फ़ाइनल *a* & *n* 1 अन्तिम, आख़िरी, चरम, 2 निर्णायक, निश्चायक, जिसे बदला न जा सके [The umpire's decision is ~], 3 उद्देश्य से संबंधित, ~ **cause** (see cause); *n* (*sport*) अन्तिम खेल, 2 (*in sing* or *pl*) अन्तिम परीक्षा; ~**ly** *adv* अन्त में, अन्ततोगत्वा, आख़िरकार

finale फ़िनालि *n* 1 (*mus*) बाजों की अन्तिम गत, 2 (नाटक आदि का) अन्तिम दृश्य, 3 कार्यवाही का अन्तिम भाग, उपसंहार

finalism फ़ाइनलिज़्म *n* यह सिद्धान्त कि प्राकृतिक विकास का कोई लक्ष्य होता है, लक्ष्यवाद, प्रयोजनवाद

finalist *n* खेल या प्रतियोगिता के अन्तिम चरण में भाग लेने वाला खिलाड़ी या प्रतियोगी

finality फ़ाइनैलिटि *n* 1 अन्तिम होना, अन्तिमता, निश्चायक या निर्णायक होना, 2 सृष्टि की सोद्देश्यता या उद्देश्यवत्ता का सिद्धान्त, सप्रयोजनता, 3 अन्तिम शब्द, अन्तिम कार्य, अन्तिम अवस्था, चरमावस्था

finalize फ़ाइनलाइज़ *vt* 1 अन्तिम रूप देना, 2 अन्तिम रूप को स्वीकृति देना; पक्का करना, नक्की करना

finance^{1} फ़ि-, फ़ाइ-नैन्स *n* 1 वित्त-प्रबन्ध, वित्त-व्यवस्था, वित्तशास्त्र [He is an expert in ~], 2 *in pl* अर्थ, वित्त, वित्तीय साधन [The country's ~s are sound]; (व्यक्ति या कंपनी का) रुपया-पैसा, पूंजी, 3 ~ **bill** वित्त-विधेयक (जिसके द्वारा बजट-प्रस्तावों को कार्यान्वित किया जाता है)

finance^{2} *vt* पूंजी या रुपया जुटाना, पूंजी या रुपया

लगाना, खर्च चलाना, रुपये-पैसे से (किसी की) मदद करना [to ~ a project, person, etc.]

financial फ़िनैंशल *a* आय-संबंधी, राजस्वसंबंधी, वित्त-संबंधी, वित्तीय; ~ year वित्त-वर्ष (अंग्रेज़ी कैलंडर में किसी वर्ष की पहली अप्रैल से अगले वर्ष की ३१ मार्च तक); ~ly *adv* आय की दृष्टि से, पूंजी की दृष्टि से, आर्थिक या वित्तीय दृष्टि से, राजस्व की दृष्टि से

financier फ़ि-, फ़ाइनैंन्सियर *n* 1 राजस्व या वित्त का प्रबंध करने में कुशल, राजस्व-दक्ष, वित्त-दक्ष, 2 पूंजी लगाने वाला, पूंजीपति, सेठ, साहूकार, सूद पर रुपया देने वाला, महाजन

finch फ़िंच *n* अनेक प्रकार की छोटी चिड़िया [*e.g.* mountain-~, bull-~]

find^1 फ़ाइन्ड *vt* (found) **1** पाना, पा लेना, **2** (खोई हुई चीज़) ढूंढ लेना, ढूंढ निकालना, **3** समझना, महसूस करना, अनुभव करना, मालूम कर लेना, लगना; I found some difficulty in doing this इसे करने में मुझे कुछ कठिनाई (महसूस) हुई; Now you'll find it easy अब तुम्हें यह आसान लगेगा, I ~ it pays मेरा अनुभव है कि यह लाभदायक है; **How do you find yourself?** आपकी तबीयत कैसी है? (also see 5 below), **4 to ~ it in one's heart to do sth** (*chiefly with neg or interrog*) कोई काम करने का साहस होना, इतना निर्दय या कठोर हृदय होना कि [How can she find it in her heart to drown her children?], **5 to ~ oneself** (i) यह पता लगा लेना कि अपने लिए कौन-सा काम-धंधा ठीक रहेगा, (ii) अपनी ज़रूरतें आप पूरी करना [cf. to fend for oneself], **6** (*law*) अपराध निश्चित एवं घोषित करना, to ~ s.o. guilty किसी को अपराधी ठहराना या घोषित करना, **7 to ~ s.o. out** (i) किसी की असलियत का पता लगा लेना, (ii) किसी को दोषी पाना; ~r *n* (बड़ी दूरबीन के साथ लगी छोटी) अन्वेषी दूरबीन

find^2 *n* **1** खोज, **2** आविष्कार, वस्तु या तथ्य जिसका पता लगा हो, **3** अकस्मात् मिली वस्तु या व्यक्ति

finding *n* **1** जिस बात का पता लगाया गया हो, आविष्कार, **2** जिस निर्णय या निष्कर्ष पर कोई पहुंचा हो; the ~s of the committee कमेटी जिन निर्णयों पर पहुंची है, कमेटी के निष्कर्ष

fine^1 फ़ाइन *n* & *vt* **1** अन्त [now only in : **in fine** अन्त में, अन्ततः, संक्षेप में], **2** जुर्माना [to impose a ~ on s.o.]; *vt* जुर्माना करना

fine^2 *a*, *n* & *adv* **1** अच्छा, बढ़िया, सुन्दर, **2** (of gold or silver) शुद्ध, साफ़ किया हुआ [Gold 22 carats fine], **3 ~ feelings, sentiments** उच्चविचार, उदार भावनाएं, **4** पतला, महीन [~ nib, pencil], **5** सूक्ष्म, दुर्बोध, दुर्ग्राह्य, **a ~** distinction सूक्ष्म अन्तर या भेद, **6** सुन्दर, शानदार, चमकीला, तड़क-भड़क का [The peacock has ~ feathers], **7** मेघशून्य, साफ़, खुला, सुहाना [~ weather]; **one of these fine days** (निकट भविष्य में) किसी दिन, **8** प्रशंसात्मक [to say ~ things about s.o.], **9 fine arts** ललित कलाएं (काव्य, संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला, स्थापत्य कला आदि), **10** स्वस्थ, भला चंगा [I'm feeling ~]; *n* खुला या साफ़ मौसम [in rain or fine]; *adv* (*colloq*) अच्छी तरह से, खूब (That will suit me fine), **11** *comb*: **~-drawn** अति सूक्ष्म; **~-spun** अति सूक्ष्म; (of theory etc) दुर्बोध, अव्यावहारिक; **finely** *adv* **1** शान से, **2** महीन [finely powdered]; **fineness** *n* **1** बढ़ियापन, उत्कृष्टता, उत्तमता, **2** (of gold & silver) शुद्धता, खरापन, **3** सूक्ष्मता, बारीकी, **4** सौन्दर्य, शोभा

finery^1 फ़ाइनरि *n* तड़क-भड़क वाली पोशाक, भड़कीली वेशभूषा, भड़कीले वस्त्राभूषण [She was decked out in all her ~]

finery^2 *n* लोहा या इस्पात बनाने की भट्ठी

finesse फ़िनेॅस *n* **1** चालाकी, धूर्तता, मक्कारी, **2** (स्थिति से निपटने में) बड़ी सूझबूझ, चतुराई, होशियारी, **3** (cards) ब्रिज आदि के खेल में बड़ा पत्ता रख कर छोटे पत्ते से प्वाइंट बनाने की कोशिश

finger^1 फ़िङ्गर *n* **1** उंगली, **index ~, fore-~** तर्जनी, middle ~ मध्यमा, **ring ~** अंगूठी पहनने की उंगली, अनामिका; little ~ कनिष्ठिका, कनीनिका, कानी उंगली, **2 to lay a ~ on s.o.** (पीटने के विचार से) ज़रा सा छूना या हाथ लगाना [Don't lay a ~ on my son]; **to lay, put, one's ~ on** the cause of the evil ख़राबी का कारण ठीक-ठीक बता देना, **3 to** lift, **move, raise, a ~** ज़रा सी कोशिश करना, **4 to twist s.o. round one's (little) finger** किसी से कोई काम आसानी से करवा लेना, किसी को उंगलियों पर नचाना, **5** to burn one's ~s (see burn), **6 to have sth at one's ~-tips** किसी विषय को अच्छी तरह जानना, पारंगत होना, प्रवीण होना, **7 to the ~-tips** पूर्णतया, पूरा-पूरा [He is an Englishman to the ~-tips, **8** *comb*: **~-alphabet** बहरों के साथ बातचीत करने के संकेत या इशारे, इशारों की भाषा, **~-bowl, ~-glass** भोजनोपरान्त उंगलियां धोने का प्याला, **~-print** उंगलियों के निशान (जिनसे अपराधियों की पहचान करने में सहायता मिलती है) उंगली-छाप

finger^2 *vt* **1** हाथ लगाना, छूना, उंगलियों से छूकर देखना, **2** उंगलियों से साज़ बजाना

finial फ़िनिअल *n* (*archit*) पाश्चात्य ढंग की इमारतों की तिकोनी छत का सजावटी शिखर, (मीनार आदि का) शिखर, कलश

finical, finicking फ़िनि-कल,-किङ्ग *aa* **1** दुस्तोषणीय, जो तनिक दोष या त्रुटि सहन न करे, एक-एक बात पर ध्यान देने वाला

finicky फ़िनिकि *a* **1** = prec, **2** (काम) जिसकी

एक-एक बात पर बड़ा ध्यान देने की जरूरत हो

finis फ़िनिस *n* 1 (at the end of a book) समाप्त, इति, 2 अन्त, अवसान

finish^1 फ़िनिश *vt* & *i* 1 ख़त्म करना या होना, समाप्त करना या होना, पूरा करना, भुगताना, पार लगाना [to ∼ **off** a piece of work], the examination ∼s at 3 o'clock परीक्षा तीन बजे समाप्त होती है, 2 संपूर्ण करना, अन्तिम रूप देना, 3 to ∼ (off) मार देना, हत्या करना, काम तमाम करना, 4 **to** ∼ **by** doing sth अन्त में कोई काम करना; he ∼ed by calling me names अन्त में वह मुझे गालियां देने लगा, 5(*colloq*)I have ∼ed **with** him अब मेरा उसके साथ कोई वास्ता नहीं रहा, मैंने उसके साथ संबंध तोड़ लिया है

finish^2 *n* 1 अन्त, समाप्ति, (दौड़-प्रतियोगिता का) अन्तिम चरण, **to be in at the** ∼ समाप्ति के समय उपस्थित होना, देखना कि खेल या समारोह ख़त्म कैसे होता है, **to fight to the** ∼ हरा कर या हार कर दम लेना, झगड़े का फ़ैसला होने तक लड़ते रहना, 2 (फ़र्नीचर आदि की) पालिश, चमक

finished फ़िनिश्ड *a* 1 तैयार [∼ goods], 2 परिष्कृत, मंजा हुआ [∼ manners, gentleman, speaker, etc.]; **finisher** *n* (*colloq*) 1 कारी चोट, 2 काम बिगाड़ देने वाली बात; **finishing** *a*: **finishing touch** काम पूरा करने की (अन्तिम) कार्यवाही, अन्तिम सुधार या परिष्कार

finite फ़ाइनाइट *a* 1 सीमित, परिमित, सान्त, 2 (*gram*) ∼ verb कर्ता के पुरुष और वचन के अनुसार निर्धारित रूप वाली क्रिया, मुख्य क्रिया, विधेय क्रिया

Finnish फ़िनिश *a* & *n* 1 फिनलैंड का, 2 फिनलैंड की भाषा

fiord फ़्योर्ड *n* ऊंची चट्टानों से घिरी समुद्र की संकरी और लम्बी शाखा, फ़िओर्ड

fir फ़र *n* (also ∼-tree) देवदार-जाति के अनेक प्रकार के पेड़(जिनके शंकु-जैसे फल और सुइयों जैसे पत्ते होते हैं)देवदार, दयार, चीड़; ∼-cone इन पेड़ों का फल

fire^1 फ़ाइअर *n* 1 आग, अग्नि, ज्वाला, अग्निकांड, **There is no smoke without** ∼ अफ़वाह बिल्कुल निराधार नहीं होती, **to light, make, a** ∼ आग जलाना; **to set** ∼ **to sth, to set sth on** ∼ किसी चीज़ को आग लगाना; **to set the Thames on fire** कोई असाधारण या अद्भुत काम करना (also see 'set' *vb*, IV, 8) **to catch, take,** ∼ आग लगना, जल उठना,; **to be on** ∼ जलना, आग की लपटें उठना; **a burnt child dreads the** ∼ दूध का जला छाछ को फूंक-फूंककर पीता है; **to go through** ∼ **and water** सभी विपत्तियों को झेलना, सब प्रकार के कष्ट सहना या उठाना, to put a town to ∼ **and sword** शहर में आग लगाना और लोगों को कत्ल करना, 2 जोश, गर्मी, उमंग, उत्साह, the ∼ of youth जवानी का जोश, 3 गोला-बारी, फ़ायर, **to open** ∼ गोली चलाना, गोले बरसाना, **to cease** ∼ गोलाबारी बन्द करना, गोली चलाना बन्द करना, युद्ध-विराम करना, **to be between two** ∼**s** (i) (किसी पर) दोनों ओर से गोलियां बरसना, (ii) दोनों पक्षों की आलोचना का निशाना बनाना, to **be under** ∼(i) (किसी पर गोलियां बरसना, (ii) कटु आलोचना होना, 4 *comb*: ∼**-alarm** *n* आग की घंटी, ∼**-arm** *n* (usu in *pl*) बारूदी हथियार, अग्नेय-अस्त्र *e.g.* पिस्तौल, बन्दूक, राइफ़ल; ∼**-brand** *n* (i) जलता हुआ लकड़ी का कुन्दा, (ii) *fig* फ़सादी, आग लगाने वाला, समाज या देश में फूट डालने वाला; ∼**-brigade** *n* आग बुझाने वालों का दस्ता, अग्निशामक दल, ∼**-eater** *n* (i) आग खाने वाला मदारी, (ii) आग उगलने वाला, गुस्सैल व्यक्ति, महा लड़ाका, ∼**-engine** आग बुझाने का इंजन, दमकल, ∼**-extinguisher** अग्निशामक ∼**-fighting** आग बुझाना; ∼-fly जुगनू, खद्योत; ∼**man** (i) भट्टी या इंजन में कोयला झोंकने वाला, (ii) आग बुझाने वाला; ∼**-ordeal** अग्निपरीक्षा, ∼**-power** (तोप आदि की) ध्वंसक शक्ति, ∼**-place** चूल्हा, अंगीठी; ∼**-side** (i) (घर में) अंगीठी के आस-पास की जगह (ii) *fig* घर, परिवार, ∼**-proof** *a* जिस पर आग का असर न हो, अग्निसह, ∼**wood** *n* ईंधन, जलाने की लकड़ी; ∼**work** *n* (usu in *pl*) (i) फूलझड़ी, आतिशबाज़ी, (ii) *fig* वाग्विलास या कटु आलोचना से भरा हुआ भाषण आदि [His speech was all fireworks]; ∼-worship अग्नि-पूजा, अग्नि-देवता की पूजा

fire^2 *vt* & *i* 1 आग लगाना, जला डालना, 2 (मिट्टी के बर्तनों को) आँवें में पकाना [to ∼ bricks, pottery], 3 गोली चलाना, बन्दूक चलाना, गोले बरसाना [to ∼ (**off**) a gun, an explosive, etc], to ∼ a salute तोपों की सलामी देना, **to** ∼ **a broadside** जहाज़ के एक पहलू की सब की सब तोपें दागना, (*abs*) to ∼ **at, on, upon** गोली चलाना, गोले बरसाना; **to** ∼ **(off) a question** at s.o. किसी से एकाएक सवाल करना, छूटते ही सवाल करना, 4 जोश दिलाना, उत्साह बढ़ाना [to ∼ s.o. **with** enthusiasm, zeal], भड़काना [to ∼ the passions], 5 नौकरी से अलग करना या हटाना, बरख़ास्त करना [to ∼ s.o.], 6 *vi* छूटना, चलना [The revolver failed to fire], 7 (of person) **to** ∼ **up** एकाएक तैश में आना, आग बबूला होना; **firing-party, firing squad** (i) अपराधी को गोली से उड़ाने वाला दल, फ़ायर-पार्टी, (ii) अन्त्येष्टि के समय बन्दूकें दागने वाला दल, फ़ायर-पार्टी

firkin फ़र्किन *n* मछली या मक्खन या द्रव पदार्थ रखने का छोटा पीपा या डब्बा

firm^1 फ़र्म *n* (तिजारती) कोठी, व्यापारिक-संस्था,

फ़र्म, कम्पनी

firm^{2} *a* & *adv* 1 (of substance) ठोस, कड़ा, गठा हुआ, संहत, 2 कसा हुआ, न हिलने-डोलने वाला, स्थिर [as ~ as a rock], 3 दृढ़, पक्का, अटल, अडिग, अपरिवर्तनीय [~ resolve, belief]; दृढ़ता का व्यवहार करने वाला, ढील न देने वाला [He is ~ with his staff], 4 ~ **offer** स्थिर या पक्का प्रस्ताव (जिसे स्वीकार कर लिये जाने पर प्रस्ताव-कर्ता फिर मंसूख़ न कर सके), 5 (of prices) जिस में उतार-चढ़ाव न हो, स्थिर, 6 (of goods) जिसके मूल्य या भाव में उतार-चढ़ाव न हो, स्थिर; *adv* दृढ़ता से, मज़बूती से, to stand ~ मज़बूती से खड़ा रहना, अडिग रहना, डाँवाँडोल न होना; to hold ~ to sth किसी चीज़ को मज़बूती से पकड़ना; ~ly दृढ़ता से; ~**ness** *n* दृढ़ता, मज़बूती; स्थिरता

firmament फ़र्म-मन्ट *n* मेघों और तारों सहित आकाश, आकाशमंडल, नभोमंडल; ~**al** *a* नभोमंडल का, नभोमंडलीय

first फ़र्स्ट *a*, *n* & *adv* 1 प्रथम, पहला, अव्वल, **at** ~ sight प्रथम दृष्टि में, पहली नज़र में, सरसरी तौर पर देखने से; **I'll do it (tomorrow) first thing** (कल) सब से पहले मैं यही काम करूंगा; **in the ~ place** प्रथमतः, सब से पहले, सब से पहली बात यह है कि ...; I was the ~ **to** reach there सब से पहले मैं वहां पहुंचा, 2 सब से आगे, to fall head ~ सिर के बल गिरना, 3 सब से महत्त्वपूर्ण, उच्चकोटि का, वरिष्ठ (the ~ men in the country); ~ **things** सब से महत्त्वपूर्ण काम (also see *adv*), 4 **first aid** प्राथमिक उपचार, तात्कालिक उपचार, प्राथमिक चिकित्सा; ~ **class** प्रथम श्रेणी, पहला दर्जा (परीक्षा में या ट्रेन में); ~-**class** *a* प्रथम श्रेणी का, अव्वल दर्जे का, ~ floor दूसरी मंज़िल (cf. ground floor पहली मंज़िल) [He lives on the ~ floor]; ~-**hand** *a* प्रत्यक्ष, स्वयं या सीधे प्राप्त किया हुआ [This is ~-hand information], at ~ hand सीधे, स्वयं [I got the news at ~ hand], ~-**rate** *a* आला दर्जे का, उच्च कोटि का, उत्कृष्ट, बढ़िया, बहुत अच्छा, a ~-rate machine, man, idea, dinner, etc., **first reading** (*Parl*) प्रथम वाचन; *n* 1 पहला व्यक्ति, पहली चीज़, 2 आरंभ, शुरू, **from the ~** आरंभ से ही, **from ~ to last** आदि से ले कर अन्त तक, शुरू से लेकर आख़ीर तक, आद्योपान्त, सदा, लगातार; **at ~** आरंभ में, 3 पहली कक्षा; (परीक्षा में) पहले दर्जे में पास होना [He got a ~ in English]; *adv* 1 सब से पहले, पहले-पहल, पहली बार [When did you ~ see her?], 2 (गाड़ी या विमान के) पहले दर्जे में [I usually travel ~], 3 F~ **come**, ~ **served** पहले आने वाले का काम पहले किया जायेगा; ~ **things ~** सबसे महत्त्वपूर्ण या ज़रूरी काम पहले किये जायेंगे (अर्थात् सब काम उनके महत्त्व के क्रम के अनुसार किये जायेंगे); ~-**born** *a* & *n* पहला (बच्चा)

firstling *n* (usu in *pl*) (किसी बात का) प्रथम परिणाम, पहला-पहला नतीजा; (मौसम का) पहला फल; पहला बच्चा

firstly *adv* (only in enumerating topics) सब से पहले, पहली बात यह है कि..., प्रथमतः

firth फ़र्थ *n* समुद्र की सँकरी शाखा जो स्थल में दूर तक चली गई हो, तंग खाड़ी (*e.g.* Firth of Forth in Scotland)

fisc फ़िस्क *n* प्राचीन रोम का ख़ज़ाना; राजकोष

fiscal फ़िस्कल *a* (see prec) राजस्व-संबंधी, राजस्व का, राजवित्तीय, वित्तीय, ~ **policy** (सरकार की) वित्तीय नीति, ~ **year** वित्त-वर्ष

fish^{1} फ़िश *n* 1 (*pl* fishes; *collective*: fish), मछली, मीन, मत्स्य (He caught two fishes, a lot of fish); He is like a ~ **out of water** वह अनुकूल वातावरण में नहीं है, **to drink like a ~** ख़ूब पीना, डट कर पीना; **All is ~ that comes to his net** उसे जो मिल जाये ठीक है; I have **other ~ to fry** मुझे कुछ और ज़्यादा ज़रूरी काम करना है; **There's as good ~ in the sea as ever came out of it** उस जैसे और भी हैं, ऐसे व्यक्तियों या ऐसी चीजों की कमी नहीं है; ऐसे मौके और भी आयेंगे, 2 **The Fish(es)** मीन-राशि, 3 *comb*: ~-**culture** मत्स्यपालन; ~-**market** मछली मंडी; ~**monger** मछली बेचने वाला ~-**pond**, ~-**pool** मछली पालने का तालाब; ~**wife** मछली बेचने वाली

fish^{2} *vt* & *t* 1 मछली पकड़ना, 2 **to fish in troubled waters** अशांति या गड़बड़ के समय अपना काम बनाना, दूसरो की विपत्ति से लाभ उठाना, 3 to ~ **for** pearls, corals, etc, (समुद्र से) मोती, मूंगा आदि निकालना, 4 to ~ **for secrets** etc रहस्यों या गुप्त बातों का पता लगाने की कोशिश करना, 5 *vt* निकालना (to ~ **out** a coin from one's pocket); ~**ing hook** (मछली पकड़ने का) काँटा; ~**ing line** ऐसे काँटे सहित डोरी; ~**ing rod** छड़ जिसके आगे काँटों सहित डोरी बंधी रहती है. बंसी; ~**ing tackle** मछली पकड़ने के उपकरण

fish^{3} *n* & *vt* 1 *naut* शहतीर या उसके जोड़ को मज़बूत करने के लिए लोहे या लकड़ी की पट्टी, 2 **fish-plate** रेल की पटड़ी के दो खंडों को जोड़ने वाली लोहे की पट्टी, जोड़-पट्टी; *vt* शहतीर अथवा रेल की पटड़ी को जोड़ना

fisherman *n* मछली पकड़ने वाला, माहीगीर, मछुआ, मछियारा, धीवर

fishery फ़िश-रि *n* 1 मत्स्यपालन केन्द्र, मत्स्यक्षेत्र, मछली घाट [in-shore fisheries; deep-sea fisheries], 2 मत्स्य(-पालन) उद्योग

fishy फ़िशि *a* 1 *joc* मछलियों से भरा हुआ, 2

मछली-जैसा, ~ eyes निष्प्रभ नेत्र, 3 मछली-जैसे स्वाद या गंध वाला, 4 *sl* (of person, conduct) सन्दिग्ध, सन्देह वाला, सन्देहास्पद; **It looks ~** सन्देह वाली बात है

fissile फ़िसाइल *a* 1 जिसे टुकड़े-टुकड़े किया जा सके, खंडनीय, स्वयं टुकड़े-टुकड़े होने वाला, 2 *phys* जिसके परमाणु का विखंडन किया जा सके, विखंडनीय

fission फ़िशन *n* 1 *biol* प्रजनन क्रिया के लिए कोशाणु का विभाजित होना, विभाजन, 2 *phys* परमाणु का विखण्डन, **fission bomb** परमाणु बम; ~ explosion विखंडनात्मक विस्फोट, विखंडन-विस्फोट; **~-fusion-~ bomb** विखंडन-संलयन-विखण्डन बम; ~ reactor विखंडन-रिऐक्टर

fissionable *a* विखण्डनीय, ~ material विखण्डनीय पदार्थ (अर्थात् जिसके परमाणु का विखंडन किया जा सके)

fissiparous फ़ि-सिपरस *a* 1 *biol* जिसमें प्रजनन-क्रिया कोशाणु के विभाजन द्वारा हो, विखंडन-प्रज, 2 फूट डालने वाला, विघटनकारी [~ tendencies]

fissure फ़िशर *n* & *vt* & *i* दरार, फटन; *vt* दरार डालना, फाड़ना, चीरना; *vi* (of rock) दरार पड़ना, फटना

fist फ़िस्ट *n* & *vt* 1 मुट्ठी, मुक्का, मुक्की, घूंसा, 2 (joc) हाथ; *vt* घूंसा मारना

fisticuffs फ़िस्टिकफ़्स *n pl* मुक्केबाज़ी, घूंसेबाज़ी

fistula फ़िस्चुल: *n* नालीदार व्रण, नालव्रण; (in anus) भगन्दर

fit^1 फ़िट *n* 1 (मिरगी, लकवे, मूर्च्छा आदि किसी रोग का) दौरा; (*colloq*) **to give s.o. a ~** किसी को हक्का-बक्का करना, आघात पहुंचाना, **to have a ~** हक्का-बक्का होना [He almost had a ~ when he saw the telephone bill], 2 जोश, आवेश [a fit of anger], 3 आकस्मिक एवं अचिरस्थायी या क्षणिक अवस्था, ऐसी अवस्था का क्षण [a fit of energy, idleness, devotion, indifference, etc], 4 मन की मौज, लहर, तरंग, **to work by fits and starts** बीच में रुक-रुक कर काम करना, कभी काम करना और कभी छोड़ देना; **fitful** *a* रुक-रुक कर आने या होने वाला, अनियमित

fit^2 *a* 1 (किसी काम के) लायक, योग्य, समर्थ, उपयुक्त, **~ for use** इस्तेमाल या काम के लायक, ~ to drink पीने के लायक [a person ~ for a job, ~ to hold office], 2 उचित, न्याय्य, ठीक [It is ~ that you warn him], 3 **to think** *or* **see ~ to do sth** कोई (वि० मूर्खता का) काम करना ठीक समझना, कोई काम करने का निश्चय करना, 4 **to keep ~, to be (physically) ~** स्वस्थ होना, तन्दुरुस्त होना

fit^3 *vt* & *i* (-tt-) 1 अनुकूल होना, उचित होना, शोभा देना, फबना, भला लगना, 2 योग्य या लायक या समर्थ बनाना [He'll ~ you for the job], 3 (of dress etc.) पूरा आना, ठीक बैठना, ठीक आना [The shoe ~s me], 4 *vi* to **fit in, into, sth** किसी चीज में पूरी तरह समाना, ठीक आना, **to fit in with** sth अनुकूल होना, ठीक बैठना, मेल खाना, मेल बैठना [your plan does not ~ in with mine], 5 **to ~** sth **with** sth सुसज्जित करना, लैस करना, जोड़ना, युक्त करना, लगाना [room fitted with two fans], 6 **to ~ out** आवश्यक सामान या सामग्री से सज्जित या युक्त करना [to ~ out a ship for her trial trip]

fitchew फ़िचू *n* (यूरोप में पाई जाने वाली एक प्रकार की) बिल्ली

fitment फ़िट्मन्ट *n* चौखट, अलमारी आदि दीवार में लगा हुआ सामान, फ़िटिंग [Kitchen ~s]

fitness फ़िट्निस *n* 1 योग्यता, सामर्थ्य, क्षमता, 2 उचित या उपयुक्त या न्याय्य होना, औचित्य, उपयुक्तता, न्याय्यता; **it was in the ~ of things that**...यह उचित ही था कि..., 3 **physical ~** स्वास्थ्य, स्वस्थता, तन्दुरुस्ती

fitter फ़िटर *n* मिस्तरी, फ़िटर

fitting^1 *n* (usu in *pl*) 1 =fitment, 2 मेज़-कुर्सी, सामान, उपकरण, औज़ार, कल-पुर्जे

fitting^2 *a* उचित, उपयुक्त, ठीक, यथायोग्य, शोभा देने वाला; **~ly** *adv* यथोचित, ठीक-ठीक, अच्छी तरह (से)

five फ़ाइव *a* पांच, **five-year plan** पंचवर्षी योजना; **fiver** पांच (रुपये, डालर, पाउन्ड आदि) का नोट; **~fold** *a* पांच गुना, पंचगुना

fix^1 फ़िक्स *vt* & *i* 1 गाड़ना, स्थापित करना, जमाना, लगाना [to ~ a pole, camp, etc], 2 **to fix one's eyes, gaze, attention, on** s.o. किसी को टकटकी बांध कर देखना, किसी पर दृष्टि जमाना, किसी पर ध्यान केन्द्रित करना, 3 (*of object*) to fix s.o.'s attention किसी का ध्यान आकर्षित करना, 4 to fix sth **in** one's memory कोई बात स्मृति-पटल पर अंकित करना, 5 स्थिर करना, निश्चित करना, तय करना, नियत करना, निर्धारित करना, पक्का करना [to fix a day, date, time, place, limit etc; to fix prices]; **to fix responsibility** ज़िम्मेवारी या उत्तरदायित्व निर्धारित करना, यह निर्धारित करना कि अमुक काम किसने किया है, कि दोष किस का है, 6 (रंग, फ़ोटो आदि को) स्थायी या पक्का करना, 7 to fix sth *or* s.o. यह निश्चय कर पाना कि मैं ने उसे कब और कहां देखा था, 8 **to fix up** तय करना, निपटाना, प्रबंध करना, ठीक करना, **I have fixed it up** मैं ने सब प्रबन्ध कर दिया है, मैंने सब ठीक कर दिया है, 9 *vi* **to fix (up)on sth** किसी चीज के पक्ष में निश्चय करना, कोई चीज लेने या कोई काम करने का निश्चय करना, 10 स्थिर होना; जमना; गाढ़ा होना

fix^{2} *n* दुविधा, असमंजस, उलझन, चक्कर, मुश्किल, कठिनाई, ऐसी स्थिति जिससे बच निकलना कठिन हो [**to be in a ~**]

fixation फ़िक्सेशन *n* 1 स्थिर करना, स्थिरीकरण, नियतन [~ of pay]; स्थिर होना, निर्धारण, 2 (रंग, फ़ोटो आदि का) स्थायीकरण, 3 जमाना, जमना, ठोस करना या होना, 4 *psych* किसी व्यक्ति से असाधारण अनुराग (जिससे औरों के साथ सामान्य स्वाभाविक संबंध भी न बन सके), 5 (pop) एक ही बात की धुन, सनक

fixative फ़िक्स-टिव *a* & *n* रंग को पक्का करने वाला (पदार्थ); नकली दान्तों को स्थिर रखने का मसाला; (कंघी करने के बाद) बालों को वैसे-के-वैसे बनाये रखने का मसाला, स्थिरक

fixed फ़िक्स्ट *a* नियत, स्थिर, पक्का, **fixed deposit** नियत काल के लिए जमा की गई रकम, सावधि जमा, ~ **idea** ख़ब्त, वहम; ~ **income** नियत आय; ~ **star** स्थिर तारा (जिसकी दूसरों से दूरी सदा एक-सी जान पड़ती है) (opp planet *q.v.*); **~ly** फ़िक्सिड्लि *adv*, to look ~ly (at s.o.) टकटकी बांध कर देखना; **~ness** *n* स्थिर अवस्था, स्थिरता, निश्चलता, अचलता, स्थायित्व, स्थायी अवस्था

fixity फ़िक्सिटि *n* 1 स्थिरता, निश्चलता, 2 (*phys*) तापसहनक्षमता, 3 स्थायित्व, 4 ~ of purpose दृढ़ संकल्प

fixture फ़िक्स्चर *n* 1 (धरती या दीवार में) गड़ी या जड़ी हुई चीज, जुड़नार (*e.g.* खंभा, अलमारी), 2 एक ही जगह (या काम) पर स्थायी रूप से रहने वाला (या नियुक्त) व्यक्ति; एक ही जगह रखी रहने वाली चीज [He, it, seems to be a ~], 3 (*sport*) खेलकूद (की नियत तिथि); **list of ~s** खेल-कूद का कार्यक्रम, 4 *law* (*in pl*) माफ़ी की ज़मीन पर गड़ी हुई व्यक्तिगत वस्तुएं (मकान जंगला आदि), स्थावर संपत्ति

fizz फ़िज़ *vi* & *n* सिसकारना, सीत्कार करना, सी-सी करना, फुफकारना; *n* 1 सिसकारी, सीत्कार, फुफकार, 2 *colloq* शैम्पेन (नामक मदिरा)

fizzle फ़िज़्ल *vi* & *n* हौले-हौले सी-सी करना; **to ~ out** असफल रहना, फिस हो जाना, टांय-टांय फिस होना; *n* असफलता, नाकामी, टांय-टांय फिस

flabbergast फ़्लैबर्गास्ट *vt* हक्का-बक्का या भौचक्का कर देना, घबरा देना, निरुत्तर कर देना, किंकर्तव्यविमूढ़ कर देना

flabbiness *n* (f. foll) पिलपिलापन, ढीलापन, शिथिलता

flabby फ़्लैबि *a* 1 (usu of flesh) लटकता हुआ, पिलपिला [~ cheeks], झूलता हुआ, झुर्रीदार, शिथिल, 2 (of person, character) बेकार, निकम्मा, जो किसी काम का न हो. हल्का, ओछा, दुर्बल, (of lang) निर्जीव, बेजान, ओजरहित, शिथिल

flaccid फ़्लैक्सिड *a* 1 (usu of flesh) लटकता हुआ, झूलता हुआ, पिलपिला, झुर्रीदार, ढीला, 2 (of person) शिथिल, उदास, सुस्त, उत्साहहीन, दब जाने वाला, 3 (of will) दुर्बल, कमज़ोर, शिथिल; **~ity** *n* 1 शिथिलता, 2 उदासी, उत्साहहीनता, 3 दुर्बलता, कमज़ोरी

flag^{1} फ़्लैग *n* & *vt* (-gg-), (also **~stone**) पत्थर की चौकोर पट्टी या पटिया, सिल, (in *pl*) सिलों का बना फर्श; *vt* सिलों से फ़र्श बनाना

flag^{2} *n* & *vt* (-gg-) 1 झंडा, झंडी, पताका, ध्वजा, फरहरा, निशान, **black ~** काला झंडा, समुद्री लुटेरों का झंडा; **white ~** सफ़ेद झंडा, शांति या सुलह का झंडा; **~ of truce**=white ~, 2 **to keep the ~ flying** झंडा ऊंचा रखना, लड़ाई जारी रखना, अपने (दल या देश आदि के) गौरव पर आंच न आने देना, 3 **to lower one's ~** (सलामी देने अथवा आत्मसमर्पण करने के लिए) झंडा झुका देना, 4 *comb*: **~-day** झंडा-दिवस, किसी कल्याण-कार्य के लिए झंडे बेच कर पैसा इकट्ठा करने का दिन; **~-pole** = ~staff; **flagship** एडमिरल या नौ-सेनापति का जहाज, जहाज़ जिस पर नौ-सेनापति सवार हो, ध्वजपोत; **~staff** झंडा फहराने का डंडा, ध्वजदंड; **~-station** छोटा स्टेशन (जहां गाड़ियां झंडी दिखाने पर ही रुकती हैं), **~- wagging** (*sl*) झंडी हिलाना, झंडियों के संकेत द्वारा संदेश भेजना; *vt* 1 झंडे या झंडियाँ लगाना, झंडों से सजाना, 2 झंडियों के संकेतों से (किसी को) सन्देश देना [to ~ s.o., to ~ that...]

flag^{3} *vi* 1 लटकना, झूलना, फड़फड़ाना, थपथपाना, 2 (of plant) कुम्हलाना, मुर्झाना, 3 (of person) निरुत्साह होना, सुस्त होना, शिथिल होना, 4 (of interest, zeal) मन्द होना, कम होना, घटना; (of conversation) रोचकता कम होना, नीरस होना, फीका पड़ना

flag^{4} *n* सीली धरती में उगने वाली घास

flagellant फ़्लैजलन्ट *a* & *n* 1 अपने आप को दण्ड या पीड़ा देने वाला (व्यक्ति), 2 कोड़े मारने वाला (व्यक्ति)

flagellate फ़्लैज-लेट *vt* 1 कोड़े लगाना, मारना, 2 मारना, पीटना; **flagellation** फ़्लैज-लेशन *n* कोड़ों की मार, कशाघात

flageolet^{1} फ़्लैज-लेॅट *n* एक प्रकार की बांसुरी या मुरली

flageolet^{2} *n* एक प्रकार की सेम

flagitious फ़्लजिशस *a* 1 अति दुष्ट, बदमाश, लुच्चा, शरारती, 2 क्रूर, क्रूरतापूर्ण, 3 घोर, जघन्य; **~ness** *n* दुष्टता, पाजीपन; क्रूरता

flagon फ़्लैगन *n* (मेज पर शराब रखने की) बड़ी सुराही (जिसमें ढक्कन, हत्थी और टोंटी रहती है)

flagrancy फ़्लेग्रन्सि *n* (अपराध आदि की) गंभीरता, भयंकरता, घोरता

flagrant फ़्लेग्रन्ट *a* (of offence) घोर, गंभीर, बहुत बड़ा, बड़ा भारी, महा [~ sinner], संगीन [~ offence, sin]

flail फ़्लेल *n* अनाज से छिलका अलग करने की सांटी, पितोड़, कंडनी

flair फ़्लेॅअर *n* (अच्छी चीज की पहचान करने या कोई काम अच्छी तरह करने की)स्वाभाविक योग्यता, समझ, सूझबूझ, आन्तरिक प्रेरणा, विशेष रुचि [He has a ~ **for** bargains, **for** languages, **for** writing, etc.]

flak फ़्लैक *n* तोपों से विमानों पर गोलाबारी; *fig* आलोचना की झड़ी, घोर आलोचना

flake फ़्लेक *n* & *vi* 1 (रूई के गाले के समान) हल्का छोटा टुकड़ा, गाला [~s of snow], 2 (उतर कर गिर जाने वाली) पपड़ी, शल्क, परत, 3 चिनगारी, स्फुलिंग, अग्निकण; *vi* पपड़ी उतरना, टुकड़े-टुकड़े कर के झड़ना [to flake **away, off**]
flaky *a* जिस पर पपड़ी जम गई हो, पपड़ीदार

flambeau फ़्लैम्बो *n* (*pl* ~s *or* ~x) मशाल (जिसमें अनेक मोटी-मोटी बत्तियां जल रही हों)

flamboyant फ़्लैम्बॉइअन्ट *a* 1 शोख़ रंगों वाला, भड़कीला, 2 *archit* फूल-बूटों से सजा हुआ, सजावटी, 3 (of person) आडम्बरप्रिय, दिखावा करने वाला, 4 (of style) अलङ्कारपूर्ण; अत्यलङ्कृत

flame^{1} फ़्लेम 1 ज्वाला, लपट, लौ, शोला, **the ~s** आग, **to burst into flame(s)** जल उठना, भड़क उठना, to fan the ~ आग भड़काना, 2 (प्रेम, क्रोध, ईर्ष्या आदि की) आग, ज्वाला, गर्मी, जोश, 3 (*mil*) **flame-thrower, flame-projector** शोला फेंकने का अस्त्र, ज्वाला-प्रक्षेपक

flame^{2} *vi* & *t* 1 (of fire) जलना, जल उठना, धधकना, भड़कना, लौ देना, 2 (of passions etc) भड़कना, 3 (of person) to ~ **up** आग-बबूला होना, तैश में आना, 4 चमकना, दमकना; **flaming** *a* 1 जलता हुआ, बहुत तपता हुआ, आग बरसाता हुआ [a flaming sun], 2 शोख़ रंग वाला, 3 अत्युक्तिपूर्ण, अतिरंजित

flamingo फ़्लमिङ्गो *n* एक प्रकार का हंस (जिसके पंख गुलाबी या सिन्दूरी रंग के और टांगें और गरदन लंबी होती है), हंसावर

flammable फ़्लैम-बल *a* =inflammable

flank फ़्लैङ्क *n* & *vt* 1 पसलियों और कूल्हे के बीच का दाहिना या बायां मांसल भाग, पहलू, पार्श्व, पक्ष, दायां-बायां, 2 इमारत या पर्वत का पहलू, 3 सेना की टुकड़ी का दाहिना या बायाँ पहलू या बाज़ू या पक्ष; to take the enemy **in flank** शत्रु-सेना के पहलू या बाज़ू पर हमला करना, बाज़ू से घेरना; *vt* 1 पहलू में या बाज़ू पर या दायें-बायें स्थित होना, 2 पहलू से होकर आगे निकल जाना, 3 (शत्रु-सेना के) बाज़ू या पहलू पर हमला करना

flanker फ़्लैङ्कर *n* (see prec) 1 बाज़ू की रक्षा या बाज़ू पर हमला करने के लिए मोर्चाबन्दी, 2 *mil* (usu in *pl*) सेना के दायें-बायें या बाज़ू पर लड़ने वाले दस्ते, बगली दस्ते, 3 किसी के दाहिने या बायें स्थित वस्तु

flannel फ़्लैनल *n* & *a* 1 एक प्रकार का ऊनी कपड़ा, फ़लालैन, 2 (in *pl*) फलालैन की पट्टियां; फलालैन के (बनियान, जांघिया आदि) कपड़े, 3 फ़लालैन की पतलून (वि० क्रिकिट खेलने के लिए) [to wear ~s]; *a* फ़लालैन का (बना हुआ) [~ trousers, shirts, etc]

flap फ़्लैप *n* & *vt* & *i* (-pp-) 1 लटकती हुई या एक तरफ़ से ही जुड़ी हुई चीज़ [~ of an envelope, ~ of a pocket], लटकन, पल्ला, सिरा, ढक्कन, 2 चपटी चीज का हल्का आघात, हल्का थप्पड़ या चपत, 3 (पंखों की)फड़फड़ाहट; *vt* 1 चपटी चीज से हल्का आघात करना, to ~ the flies **away, off** मक्खियों को उड़ाना; (पंख) फड़फड़ाना, 2 (of bird) पंख से आघात करना, पंख मारना, 3 *vi* (of wing, curtain, sail, etc), फड़फड़ाना [The curtain is ~ping in the wind], 4 *colloq* घबरा जाना, डर जाना

flapdoodle फ़्लैपडूडल *n* (*colloq*) बकवास, बेकार की बकबक, बेमानी बात

flapper फ़्लैपर *n* 1 मक्खी मारने की छोटी छड़ी जिसके सिरे पर चपटी पत्ती सी लगी रहती है; मक्खीमार, 2 पक्षियों को डरा कर उड़ाने का यन्त्र, 3 मछली का चौड़ा पंख

flare^{1} फ़्लेॅअर *vi* & *t* 1 हिलती हुई चमकीली लौ देना, ज्वाला की तरह चमक उठना [**to ~ away, out**], 2 to ~ **up** (i) धधक उठना, दहक उठना, भड़क उठना [Fighting ~d up again] (ii)एक दम गुस्से में आ जाना, आग-बबूला होना आपे से बाहर होना [When I pointed out his mistake, he ~d up], 3 (of ship's side, skirt etc) (जहाज के पहलू या स्त्री के घाघरे का) फूलना; *vt* फुलाना

flare^{2} *n* 1 हिलती हुई तेज रोशनी, 2 लपट, लौ, लूक, लूका, धधक, 3 (समुद्र में) जहाजों को संकेत करने के लिए रोशनी या शोला या ज्वाला, मशाल, 4 *mil* गोला जिसके छोड़ने से सितारों जैसे चमकदार कण बरसते हैं, हवाई राकेट, **~-path** विमान के उतरने या उड़ान भरने के लिए आलोकित किया गया पथ, आलोकपथ, 5 (जहाज के पहलू या स्त्री के घाघरे का) फैलाव, फुलाव, फुलावट, 6 **flare-up** (i) तीव्र ज्वाला, भड़क, धधक, (ii) थोड़ी देर रहने वाली भारी शान या तड़क-भड़क या लोकप्रियता, (iii) आकस्मिक क्रोध, आकस्मिक उपद्रव या गड़बड़, गुलगपाड़ा

flash^{1} फ़्लैश *a* 1 तड़क-भड़क का, भड़कीला, दिखावटी, शानदार, 2 नकली, जाली (~ notes, money), 3 ~ gentry चोर, डाकू, ठग

flash^{2} *vi* & *t* 1 एकाएक भड़क उठना, चिनगारियां छोड़ना, प्रज्वलित होना, प्रदीप्त होना, (*of undertaking*) **to flash in the pan** (व्यवसाय या

कारोबार का) शुरू में थोड़ी देर खूब चमकना और फिर एकाएक बैठ जाना, आरंभ में अच्छी सफलता पाकर ठप हो जाना, 2 चमकना, दमकना, कौंधना; His eyes ~ed fire उसकी आंखों से चिनगारियां निकल रही थीं, 3 एकाएक दिखाई देना, एक दम सूझ जाना; it flashed upon me that…, it flashed across my mind that… मुझे एक दम सूझा या ख़्याल आया कि…, 4 *vt* चमकाना [He ~ed his sword], प्रकाश डालना, रोशनी फेंकना, 5 तार या रेडियो द्वारा तुरन्त (समाचार) भेजना या प्रसारित करना; The news was flashed over *or* across the country समाचार तत्काल देश भर में सर्वत्र पहुंचा दिया गया

flash^{3} *n* 1 भड़क, धधक, एकाएक उठने वाली क्षणिक ज्वाला, **a flash in the pan** क्षणिक तड़क-भड़क, थोड़ी देर रहने वाली शान, झट असफल हो जाने वाला प्रयत्न, 2 चमक-दमक, तड़क-भड़क, दिखावा, शान, कौंध, दीप्ति, आभा, 3 एकाएक उठने वाला क्षणिक भाव, झलक, a flash of hope आशा की झलक, 4 उतना समय जितना बिजली कौंधने में लगता है, क्षण, पल, **in a flash** क्षण भर में, आन की आन में, पलक झपकते, 5 *comb*: **flash-back** (in cinema) अतीत घटना का पुन: प्रस्तुत क्षणिक चित्र, अतीत घटना की झलक, पूर्व दृश्य, **~-flood** (भारी वर्षा आदि के कारण) आकस्मिक स्थानीय बाढ़; **~-light** (i) बिजली की टार्च, (ii) फ़ोटो खींचने या संकेत देने के लिए एक दम कौंधने वाली बत्ती, कौंध-बत्ती, **~-point** वह तापमान जिस पर तेल की भाप जल सकती है, ज्वलनांक, 6 (also **newsflash**) अभी-अभी मिला (संक्षिप्त) समाचार

flashing *a* भड़कीला, शोख़(रंग वाला), चौंधियाने वाला

flashy फ़्लैशि *a* 1 क्षणिक तड़क-भड़क वाला, भड़कीला या चटकीला किन्तु घटिया [~ jewellery], 2 दिखावा करने वाला, प्रदर्शनप्रिय [~ person]

flask फ़्लास्क *n* (सुराही की शक्ल की) बोतल, सुराही, (शराब के लिए) जेबी बोतल

flat^{1} फ़्लैट *n* एक मंजिल पर दो-तीन कमरों का रिहाइशी सेट, फ़्लैट

flat^{2} *a* & *adv* & *n* 1 चपटा, सपाट, समतल, चौरस, हमवार, 2 पेट के बल या पीठ के बल लेटा हुआ या गिरा हुआ, पट, चित, to fall flat on one's back चित गिरना, to fall flat on one's face पट गिरना, 3 निपट, बिल्कुल, साफ़, स्पष्ट, दो टूक, ~ **refusal, denial** साफ़ इन्कार, साफ़ मुकरना; **That's flat** यह बात साफ़ है, इस विषय में तुम किसी भ्रम में न रहना, 4 नीरस, एकरस, फीका, बेमज़ा, अरुचिकर, उकता देने वाला [The conversation was rather ~], (of play, joke, etc.) **to fall flat** अरुचिकर सिद्ध होना, दर्शकों को प्रभावित न कर पाना, असफल रहना, निष्प्रभाव होना, 5 निरुत्साह, उदास, खिन्न, सुस्त [He was feeling a bit ~], 6 *comb* : **~-footed** जिसके पांवों के तलवे चपटे हों; **flat market** मन्दा बाज़ार, मन्दी, **~ race** समतल भूमि पर दौड़ (opp. hurdle race), **flat rate** एक-समान दर या भाव, एक-सी दर; *adv* साफ़, स्पष्टतया; बिल्कुल; *n* 1 (किसी वस्तु का) चपटा भाग [the ~ of the sword, of the hand], 2 समतल भूमि, मैदान, 3 *sl* बेवकूफ़, बुद्धू, उल्लू

flatly *adv* साफ़, साफ़-साफ़, बिल्कुल, सरासर, to deny ~ साफ़ मुकर जाना, to refuse sth ~ कोई चीज़ लेने या देने से साफ़ इन्कार करना

flatness *n* 1 समतलता, 2 एकरसता, नीरसता, 3 उकताहट, उदासी, खिन्नता, 4 (बाज़ार की) मन्दी

flatten फ़्लैटन *vt* & *i* 1 समतल या सपाट करना या होना, 2 (*fig*) नीचा दिखाना, to ~ (out) s.o. किसी को नीचा दिखाना, ज़लील करना

flatter फ़्लैटर *vt* 1 चापलूसी करना, खुशामद करना, लल्लो चप्पो करना, 2 बेहद तारीफ़ करना, अत्यधिक या मिथ्या प्रशंसा करना, 3 **to ~ oneself that** … यह मान कर प्रसन्न होना कि… [He ~s himself that he sings very well], 4 to flatter the eye, the ear etc. (सौन्दर्य्य, माधुर्य से) नेत्रों, कानों आदि को तृप्त करना, 5 (in *pass*) अपने आप को सम्मानित अनुभव करना, अति प्रसन्न होना I am (*or* feel) ~ed by your invitation आप ने निमन्त्रण देकर मेरा बहुत सम्मान किया है, 6 (of portrait, painter, etc) मूल व्यक्ति से अधिक सुन्दर (चित्र) होना, मूल से अधिक सुन्दर (चित्र) बनाना; ~er *n* चापलूस, खुशामदी, चाटुकार

flattery फ़्लैटरि *n* चापलूसी, खुशामद, लल्लो-चप्पो, चाटुकारी, चाटुकारिता; मिथ्या प्रशंसा

flatulence,-cy फ़्लैटयुलन्स,-न्सि *nn* 1 पेट में हवा होना (जो कि बदहज़मी का लक्षण है), उदरवायु, 2 अभिमान, गर्व, दर्प

flatulent फ़्लैटयुलन्ट *n* (see prec) 1 उदरवायु से पीड़ित; उदरवायु पैदा करने वाला, 2 अभिमानी, गर्व से फूला हुआ, गर्वित, अकड़बाज़

flaunt फ़्लॉन्ट *vi* & *t* 1 (of flag) बड़ी शान से लहराना या फहराना; (of person) अकड़ कर चलना; *vt* to ~ oneself आत्मप्रदर्शन करना, अपनी शान दिखलाना, **to ~ one's wealth** अपने ऐश्वर्य का प्रदर्शन करना

flautist फ़्लॉटिस्ट *n* बांसुरी बजाने वाला

flavescent फ़्लवेॅसन्ट *a* (of corn) जो पीला हो रहा हो, कुछ-कुछ पीला

flavorous फ़्लेवरस *a* (f. foll) सुवासित, सुस्वादु, स्वादिष्ट, रसीला, मज़ेदार

flavour फ़्लेवर *n* & *vt* खाद्य वस्तुओं की सुगन्ध और स्वाद की मिश्रित संवेदना, महक, सुवास, सुगन्ध, स्वाद, रस; *vt* सुवासित करना, महक लाना, सुस्वादु या स्वादिष्ट बनाना, रसीला बनाना [ice-cream

∼ed with vanilla]; ∼**less** *a* स्वादरहित, नीरस, फीका, बेमजा; ∼**some** *a* = flavorous

flaw फ़्लॉ *n* 1 त्रुटि, दोष, नुक्स, ख़राबी, कमी, 2 *law* (अभिलेख, साक्ष्य, मुकदमे की कार्यवाही में) ऐसी त्रुटि या दोष जिससे अभिलेख या साक्ष्य अप्रामाणिक हो जाता है या कार्यवाही अवैध हो जाती है [a ∼ in the document, evidence, procedure, etc.], 3 (in chinaware, wood, metal, etc.) तड़क, चटक, दरार, दरज, टूट, छिद्र, 4 (in reputation) धब्बा, कलंक; ∼**less** (हर दृष्टि से) ठीक, निर्दोष, अनिंद्य, त्रुटिरहित; जिसमें तड़क या दरार न हो

flax फ़्लैक्स *n* 1 नीले फूलों वाला पौधा जिसके रेशे से रस्सियां, टाट आदि बनते हैं, सन, पटसन, तीसी, 2 सन का रेशा; ∼**-seed**=linseed; **flaxen** *a* 1 सन का (बना हुआ), 2 (of hair) सुनहरी-भूरा

flay फ़्ले *vt* 1 (पशु का) चमड़ा या खाल उतारना, (वनस्पति की) छाल या छिलका उतारना, 2 (*fig*) किसी की कटु या तीव्र आलोचना करना [The boss ∼ed the lazy workers]. 3 (*arch*) to ∼ a customer गाहक को लूटना, मूंडना

flea फ़्ली *n* 1 पिस्सू, **to send s.o. off with a flea in his ear** किसी को डांट पिला कर भेजना, किसी की प्रार्थना या प्रस्ताव अस्वीकार कर के निराश लौटाना, धता बताना, 2 तुच्छ प्राणी या जीव, 3 **flea-bite** (i) पिस्सू का काटा, ददोरा, चकत्ता, (ii) *fig* तनिक असुविधा या कष्ट, तनिक ख़र्च, मामूली बात

fleck फ़्लेॅक *n* & *vt* 1 (त्वचा पर) चकत्ता, धब्बा, दाग़, झांई, चित्ती, 2 बिन्दु, (धूल आदि का) कण, 3 रंग का धब्बा, प्रकाश की चित्ती; *vt* दाग़ या धब्बे डालना, रंग-बिरंगा करना, चितकबरा बनाना; ∼**less** *a* बेदाग़, साफ़-सुथरा

flecker फ़्लेॅकर *vt* रंग-बिरंगा या चितकबरा बनाना

fledge फ़्लेॅज *vt* (पक्षी या बाण को) पंखों से युक्त करना; पखों या रोएं से सजाना; ∼**d** *a* (पक्षी) जिसके सब पंख निकल आये हों; पक्षयुक्त, पंखदार; उड़ने के योग्य, (*fig*) प्रौढ़, स्वावलंबी; **fully-∼d** *a* प्रशिक्षित एवं अनुभवी [a fully-∼ doctor, engineer, etc]

fledg(e)ling फ़्लेॅज्लिङ्ग *n* 1 पक्षी-शावक, चिड़िया का बच्चा, 2 (*fig*) अनुभवहीन व्यक्ति

flee फ़्ली *vi* & *t* (fled) 1 भागना, भाग निकलना, भाग खड़ा होना, भाग कर जान बचाना [to ∼ from or before the enemy], 2 *vt* **to flee the town** नगर छोड़ कर भाग जाना, 3 to ∼ the temptation प्रलोभन से बचना या दूर रहना

fleece फ़्लीस *n* & *vt* 1 भेड़ आदि के नरम बाल या रोएँ, ऊन, पशम, 2 ऊन की तरह घने सिर के बाल, 3 ऊन जैसी सफ़ेद कोई चीज (जैसे सफ़ेद बादल या गिरती हुई बरफ़ के गाले); *vt* 1 (किसी को) ठगना, लूटना, मूंडना [to ∼ a customer], 2 धन-संपत्ति छीन लेना [to ∼ s.o. **of his money,** property]

fleecy फ़्लीसि *n* 1 ऊन-जैसा, ऊनदार, रोएंदार, 2 (of cloud) रूई के गालों के समान (सफ़ेद और नरम)

fleer फ़्लियर *vi* & *n* अवज्ञापूर्वक हंसना, उपहास या परिहास करना, हँसी उड़ाना, ठट्ठा करना, नाक चढ़ाना, मुंह बनाना, चिढ़ाना, मज़ाक उड़ाना [to ∼ **at** s.o.]; *n* उपहास, ठट्ठा, मज़ाक

fleet^1 फ़्लीट *n* 1 नौ-सेनापति के अधीन जहाजों का समुदाय, (नौ-सेना का) बेड़ा, **the fleet** नौ-सेना, 2 एक साथ चलने वाले जहाज, विमान आदि, 3 **fleet of taxis, cars,** etc. (i) मोटरों-टैक्सियों का तांता, सिलसिला या पंक्ति, (ii) एक मालिक की सब की सब मोटरें, टैक्सियां आदि

fleet^2 *n* (*dial*) संकरी खाड़ी, **Fleet street** लन्दन का पत्रकार-वर्ग (शब्दार्थ—लन्दन की वह सड़क जहां समाचारपत्रों के कार्यालय स्थित हैं)

fleet^3 *a* (*poet* or *liter*) तेज, द्रुत, शीघ्रगामी, फुर्तीला; ∼ **of foot;** ∼**-footed** तेज कदम उठाने वाला, तेज चलने या दौड़ने वाला; ∼**ness** तेज़ी, द्रुतगामिता

fleet^1 *vi* (of time etc) जल्दी बीत जाना या निकल जाना, उड़ जाना; ∼**ing** *a* जल्दी बीतने या समाप्त होने वाला, अचिरस्थायी, अल्पकालिक, थोड़ी देर का [∼ beauty, happiness]

Fleming फ़्लेॅमिङ्ग *n* बेल्जियम के फ़्लैन्डर्ज (Flanders) प्रदेश का निवासी; **Flemish** *a* & *n* फ़्लैन्डर्ज़ का; *n* बैल्जियम की एक सरकारी भाषा

flench, flense, flinch *vt* (सील मछली की) खाल उतारना; (ह्वेल मछली को) काटना, काट कर टुकड़े करना

flesh फ़्लेॅश *n* 1 मांस, गोश्त, 2 (फल या पौधे का) गूदा, 3 **to put on** ∼ मोटा होना, मांसल होना, **to lose** ∼ दुबला-पतला होना, **to make** s.o.'s ∼ **creep** (किसी बात से) किसी के रोंगटे या रोएँ खड़े होना, बहुत डर लगना, 4 शरीर, देह, **flesh and blood** शरीर, शरीरधारी, मानव; मानव-प्रकृति, मानव-स्वभाव; It is more than flesh and blood can stand यह मानव की सहन-शक्ति से परे है, 5 **one's own** ∼ **and blood** निकट संबंधी, सगा, सगोत्र, वंशज, 6 **in the** ∼; **in** ∼ **and blood** शरीरधारी, शरीरवान्, सजीव, जीता-जागता, ज़िन्दा, साक्षात् [I saw him in the ∼ *or* in ∼ and blood], 7 **sins of the** ∼ व्यभिचार, 8 **to go the way of all flesh** शरीर छोड़ना, मरना

fleshly फ़्लेॅश्लि *a* 1 (of desire etc) इन्द्रियसुख-संबंधी, विषयसुखसंबंधी, कामात्मक, कामोद्दीपक, 2 सांसारिक, लौकिक, ऐहिक [∼ affairs]

fleshy फ़्लेॅशि *a* 1 मोटा-ताजा, हृष्टपुष्ट, मांसल [∼ hands], 2 (of plant or fruit tissue)

गूदेदार, 3 मांस का, जिसमें हड्डी न हो, मांस-जैसा

flex^1 फ़्लेॅक्स *vt* & *i* (बांह आदि अंग को) मोड़ना [to ~ a limb, one's muscles, etc]

flex^2 *n* (बिजली का) लचीला तार [*abbr* of flexible]

flexibility फ़्लेॅक्सबिलिटि *n* 1 लचक, लचीलापन, नम्यता, नमनशीलता, 2 दब्बूपन, विनम्रता, स्वभाव की मृदुता, नरम स्वभाव, परिवर्तनशीलता [The govt. showed no ~ on the border issue]

flexible फ़्लेॅक्सबल *a* 1 जो मुड़ जाये पर टूटे नहीं, आसानी से मुड़ जाने वाला [~ wire], लचीला, लचकदार, नम्य, 2 (of person) वशवर्ती, दब्बू, बात मान लेने वाला, 3 अपने आप को स्थिति के अनुसार ढाल लेने वाला, जिसे अनुकूल बनाया जा सके, 4 जिसमें फेर-बदल की जा सके, परिवर्तनक्षम [a ~ schedule]

flexion फ़्लेॅक्शन *n* 1 मुड़ जाना, मुड़ा हुआ होना, नमन, आकुंचन, झुकाव, 2 (बांह आदि अग में) मोड़, मुड़ा हुआ भाग, वक्र भाग, वक्रता, 3 *gram* = inflexion

flexuous फ़्लेॅक्स्यूअस *a* जिसमें अनेक मोड़ हों, मोड़दार, वक्र, टेढ़ा-मेढ़ा

flexure फ़्लेॅक्शर *n* गोलाई, वक्रता; मोड़

flibbertigibbet फ़्लिबर्टिजिबिट *n* गप्पी, गपोड़िया, सनकी, चंचल-स्वभाव व्यक्ति

flick फ़्लिक *n* & *vt* 1 चाबुक का हल्का प्रहार, (उंगली से दिया गया) हल्का झटका या धक्का, 2 (चाबुक लगाने से होने वाला) तड़तड़ (का शब्द), तड़ाका, 3 ~ **-knife** चाक़ू जिसका फल बटन दबाने से झट बाहर निकल आये; *theatr:* ~**-in** आरंभ संकेत; ~**-off** समाप्ति संकेत; *vt* 1 (चाबुक आदि से) हल्का प्रहार करना; (तौलिये आदि से) थपकना या थपथपाना, 2· (झटका देकर) धूल झाड़ना [to ~ **away, off,** the dust from one's coat etc]

flicker फ़्लिकर *vi* & *n* 1 (of flag etc) फहरना, फहराना, लहराना, फड़फड़ाना, थरथराना, 2 (of leaves etc) हिलना-डोलना, स्पन्दित होना, इधर-उधर होना, 3 (of light) क्रमश: जगना-बुझना, टिमटिमाना, झिलमिलाना, (of hope) रह-रह कर उठना या जागना [A faint hope still ~ed in his heart] *n* 1 स्पन्दन, कंपन, थरथराहट, फड़फड़ाहट; a ~ of the eyelids पलकों का झपकना, पलक मारना, a ~ of light क्षणिक मद्धिम प्रकाश, टिमटिमाती या झिलमिलाती रोशनी

flier फ़्लाइअर *n* = flyer

flight^1 फ़्लाइट *n* 1 उड़ान, उड्डयन, (of bird) **to take its flight** उड़ना, उड़ान भरना, 2 हवाई यात्रा; विमान या अन्तरिक्षयान की उड़ान, 3 एक साथ उड़ते हुए पक्षियों का झुंड; **to be in the first** *or* **top** ~ सब से आगे चलने वालों में होना, आगे आगे होना, 4 (of time, projectile, etc.) तीव्र या द्रुत गति, जल्दी से बीत जाना, 5 ~ **of fancy** कल्पना की उड़ान, 6 उतनी दूरी जितनी कोई पक्षी एक बार तै कर सकता है, उड़ान; उतनी दूरी जहां तक कोई गोला या अस्त्र फेंका जा सकता है, मार, 7 (बिना मुड़े सीधी जाने वाली) सोपान पंक्ति, सीधा ज़ीना, सीधी सीढ़ी, 8 (तीरों आदि की) बौछाड़, 9 ~ **lieutenant** वायु-सेना का अफ़सर

flight^2 *n* 1 पलायन, फ़रारी, भागना, तेज़ी से पीछे हटना, चंपत होना, **to take** (*or* **take to**) **flight** भाग खड़े होना, फ़रार होना; **to put the enemy to flight** शत्रु को खदेड़ना, परास्त करना, 2 ~ **of capital** पूंजीपतियों का प्रदेश-विशेष में लगाई हुई अपनी पूंजी को निकाल कर अन्यत्र ले जाना, पूंजी का पलायन; ~ **from the dollar, sterling, etc** डालर, पौंड आदि (की कीमत में गिरावट की आशंका से उन) में लगी पूंजी निकाल लेना, डालर या पौंड से पलायन

flightiness *n* चंचलता, अस्थिरता, अदृढ़ता (see foll)

flighty *a* 1 (usu of woman) अस्थिर-स्वभाव, जैसा जी में आये वैसा करने वाला, मनमौजी, 2 सनकी, वहमी, ख़ब्ती

flimsiness *n* भंगुरता; झीनापन; तुच्छता

flimsy फ़्लिम्ज़ि *a* & *n* 1 (of material) कच्चा, कमज़ोर, हल्का, जल्दी टूटने वाला, भंगुर, 2 जो ठोस न हो, झंझरा, झीना, 3 मामूली, साधारण, तुच्छ, ज़रा-सा [~ excuse, argument], 4 लचर, पोच, सारहीन; *n* 1 भंगुर वस्तु, 2 पतला कागज़; पतले कागज़ पर लिखा दस्तावेज़

flinch फ़्लिन्च *vi* 1 हिचकना, झिझकना, डगमगाना, पीछे हटना, मुंह मोड़ना, विमुख होना, टालना, कतराना, विचलित होना [to flinch **from** duty, course, etc.]; Without flinching बिना डगमगाये, दृढ़तापूर्वक, 2 (चिन्ता या कष्ट से) तिलमिलाना, छटपटाना

fling^1 फ़्लिङ्ग *vi* & *t* (flung) 1 तेज़ी से बाहर जाना, निकल भागना [to ~ **out of** the room], 2 (of horse) दुलत्ती चलाना या मारना [to ~ out], 3 *vt* फेंकना, पटकना, दे मारना, उछालना; to ~ one's arms round s.o.'s neck किसी के गले में बाहें डालना, to ~ abuse **at** s.o. किसी को गाली देना, to ~ **about** इधर-उधर फेंकना, बिखेरना, to ~ open (a door etc) एक दम (दरवाज़ा) खोल देना, to ~ **up** उछालना, (*of horse*) to ~ **up** its heels दुलत्ती चलाना या मारना, to ~ oneself into an enterprise किसी काम-धंधे में जी जान से जुट जाना, to ~ s.o. **into prison** किसी को जेल में डाल देना या पटक देना, to ~ (a fact etc) **into s.o.'s teeth** किसी को (किसी बात का) उलाहना देना

fling^2 *n* 1 (of horse) दुलत्ती, 2 ताना, छींटा, फ़ब्ती, कटाक्ष, **to have a** ~ **at** s.o. किसी को ताना मारना, किसी पर फ़ब्ती कसना, किसी पर कटाक्ष

करना, 3 to have one's ~ रंगरलियां मनाना, मज़े करना

flint फ़्लिन्ट *n* 1 चकमक पत्थर, 2 कठोर वस्तु, कड़ी चीज़, वज्र, heart of ~ कठोर हृदय, पत्थर का दिल, 3 to wring water from a ~ चमत्कार कर दिखाना, 4 to skin a ~ बहुत लालची या कंजूस होना, 5 **to set one's face like a** ~ दृढ़ संकल्प कर लेना; डाँवाँडोल न होना; ~**-paper** चकमक कागज़ ; ~**y** *a* पत्थर का, वज्र का, कठोर [flinty heart]

flip फ़्लिप *vt* & *i* (-pp-) & *n* 1 हल्का प्रहार करना, हल्का चपत लगाना; [to ~ s.o.'s ear, cheek, etc]; चुटकी से धकेलना, झटका देना; झटके से फेंकना [to ~ a coin on the counter]; *vi* to flip **at** चाबुक मारना; *n* हल्का प्रहार या धक्का, हल्का चपत (also see flick)

flippancy फ़्लिपन्सि *n* छिछोरापन, ओछापन, गंभीरता का अभाव, लापरवाही

flippant फ़्लिपन्ट *a* 1 छिछोरा, ओछा, जिस में गंभीरता न हो, गंभीर मामलों को यों ही टाल देने वाला, लापरवाह, 2 दुर्विनीत, गुस्ताख़, 3 गुस्ताख़ी का, अशिष्टतापूर्ण [~ answer]; ~**ly** *adv* लापरवाही से

flirt^1 फ़्लर्ट *vt* & *i* 1 तनिक झटका देना, इधर-उधर हिलाना, 2 *vi* **to** ~ **with** s.o. झूठा प्यार दिखाना, प्रेम का ढोंग करना, **to** ~ **with an idea** मन बहलाने के लिए (न कि गंभीरता से) कभी-कभी सोचना

flirt^2 *n* 1 झटका, 2 झूठा प्यार दिखाने वाला या दिखाने वाली, मनोविनोद-मात्र के लिए प्रेम का ढोंग करने वाला या करने वाली, इश्कबाज़

flirtation फ़्लर्टेशन *n* झूठा प्रेम, प्रेम का ढोंग, प्रेमविलास [to carry on a little ~ **with** s.o.]; **flirtatious** फ़्लर्टेशस *a* चोचलेबाज़, इश्कबाज़

flit फ़्लिट *vi* & *n* 1 चल देना, चला जाना, प्रस्थान करना, विदा होना, 2 (esp Sc) मकान बदलना, 3 (बिना आवाज़ किये या दबे पाँव या तेज़ी से) पास से निकल जाना, उड़ना, भागना, लपकना [to ~ **about, by, to and fro**; to ~ **into, out of**, the room], 4 (of birds & esp. bats) इधर-उधर उड़ना, आना-जाना; *n* (वि० लेनदारों से बचने के लिए) मकान बदलना

flitch फ़्लिच *n* सूअर, ह्वेल मछली आदि के मांस का टुकड़ा

flitter फ़्लिटर *vi* इधर-उधर उड़ना या दौड़ना, हिलना-डोलना, फड़फड़ाना, फहराना, लहराना

float^1 फ़्लोट *n* 1 (लट्ठों का बना हुआ) बेड़ा, डोंगा, डोंगी, किश्ती, 2 (पानी की टैंकी का) गोला (जो टैंकी भर जाने पर पानी आने के छिद्र को बन्द कर देता है), 3 तैरता हुआ कोई उपकरण, तिरेंदा, 4 पहियों पर बना मंच (जिस पर जलूसों में झांकियां निकाली जाती हैं), रथ, शोभायान, 5 बाने के डोरों को ताने के कुछ भाग पर से ऐसे ले जाना कि बुनाई न हो, बाने के ऐसे डोरे, 6 *theatr*=footlights

float^2 *vi* & *t* 1 तिरना, तैराना, पानी की सतह पर आ जाना, (रेत में धँसे हुए जहाज़ को) तैराना, 2 (of thing) बहना, (of water) बहा ले जाना, 3 हवा में लटका रहना या तैरना, उड़ना, 4 (कम्पनी आदि) स्थापित करना, चालू करना, चलाना, प्रवर्तित करना, (योजना आदि) आरंभ करना, शुरू करना, 5 (अफ़वाह का) फैलना [a rumour is ~ing); अफ़वाह फैलाना, उड़ाना [to ~ a rumour], 6 मुद्रा की विनिमय-दर में घटती-बढ़ती होना या होने देना, **to float the rupee, dollar, etc.** रुपये या डालर की विनिमय-दर अस्थिर रखना, रुपया तिराना

floatage फ़्लोटिज *n* 1 नदी में चलते हुए जहाज़ आदि, 2 तिरती हुई या बहती हुई चीज़ें, 3 जहाज़ का वह भाग जो पानी की सतह से ऊपर रहे

floatation, flot- फ़्लोटेशन *n* 1 तिरना, तैरना, प्लावन, 2 (कंपनी आदि की) स्थापना, कंपनी खड़ी करना, 3 (ऋण, शेयर) जारी करना [~ of a loan, ~ of shares]

floating फ़्लोटिंग *a* 1 तिरता, तैरता; ~ **bridge** नाव-पुल, 2 जहाज़ में ले जाया जाता हुआ, ~ trade जहाज़ों से माल ढोने का व्यवसाय, नौ-परिवहन व्यवसाय, 3 एक जगह न रहने वाला, ~ capital रुपया-पैसा जो स्थायी रूप से व्यापार या शेयर आदि में न लगाया गया हो, अनिविष्ट पूंजी; ~ debt (see debt), ~ **dock** तिरती गोदी, ~ **population** एक जगह में स्थायी रूप से न रहने वाले लोग, यायावर आबादी; ~ **voter** मतदाता जो किसी राजनीतिक दल से संबद्ध न हो, निर्दलीय मतदाता

floccule फ़्लॉक्यूल *n* ऊन के रेशे या लच्छे जैसी कोई छोटी चीज़; लच्छी, ~**nt** *a* 1 ऊन के रेशे या लच्छे के समान, 2 लच्छेदार

flock^1 फ़्लॉक *n* 1 ऊन, रूई आदि का रेशा या लच्छा या गाला, 2 (in *pl*)(गद्दों आदि में भरने के लिए) ऊन का गूदड़

flock^2 *n* 1 जनसमुदाय, जनसमूह, जत्था, दल, गिरोह, झुंड [They come in flocks], 2 एक ही जाति के पशुओं या पक्षियों का झुंड, (पशुओं का) गल्ला, (भेड़), बकरियों आदि का) रेवड़ [~ of sheep and goats]; पक्षिवृन्द [~ of birds], 3 ईसाई समाज, सत्संगी [a pastor and his ~], 4 शिष्य वृन्द, (परिवार के) बच्चे

flock^3 *vi* 1 इकट्ठा होना, जमा होना, भीड़ लगाना, (बहुत लोगों का) एक साथ जाना [to ~ **to, in, into, out, together**], to ~ **about** s.o. किसी के ईद-गिर्द जमा होना, 2 Birds of a feather ~ together (see feather^1)

floe फ़्लो *n* 1 बर्फ़ की तैरती चादर, 2 तैरती हुई हिम-शिला, हिम शैल

flog फ़्लॉग *vt* 1 कोड़े या बेत मारना, कोड़े लगाना,

2 to ~ a horse घोड़े को चाबुक मार कर चलाना, **3 to ~ a dead horse** व्यर्थ कार्य में शक्ति लगाना, ऐसे काम में ज़ोर लगाना जिससे कोई फ़ायदा न हो; **~ging** *n* कोड़े मारना या लगाना, कोड़े या बेंत की मार या सज़ा

flood^1 फ़्लड *n* 1 (also ~-tide) ज्वार (opp. ebb), 2 बाढ़, बहिया, सैलाब, 3 the Flood; **Noah's Flood** प्रलयकालीन बाढ़, 4 *fig* भरमार, बाहुल्य, बहुतायत, a ~ of light दूर-दूर तक फैली हुई तेज़ रोशनी, a ~ of tears आंसुओं की झड़ी, अविरत अश्रुधारा, a ~ of words शब्दों की झड़ी या भरमार, 5 ~-gate बाढ़ द्वार, जलद्वार, जलफाटक (जिसे जलाशय में पानी भरने के लिए खोल दिया जाता है और पानी को रोकने के लिए बंद कर दिया जाता है), 6 **floodlight** *vt & n* चारों ओर से तेज़ रोशनी डालना, परिप्रदीप्त करना; *n* (i) विपुल प्रकाश; (ii) विपुल प्रकाश डालने का दीपक, पूरप्रदीपक, पूरदीप

flood^2 *vt & i* 1 पानी से भर देना, जलाप्लावित करना, 2 in *pass* में बाढ़ आना, पानी भर जाना, पानी में डूब जाना, जलमग्न होना [The town was ~ed], 3 *fig* में भरमार होना [The market is ~ed **with** foreign goods]; to be ~ed **with** letters असंख्य पत्र प्राप्त होना, पत्रों की बाढ़ आना, 4 *vi* to flood **in** भारी मात्रा या संख्या में आना

floor^1 फ़्लॉर *n* 1 फ़र्श, भूमि, ज़मीन, तल, 2 तख़्ते आदि (जिन्हें भूमि पर बिछा कर फ़र्श बनाया जाता है —वि॰ ठण्डे प्रदेशों में), 3 समुद्र का तला, समुद्र तल, 4 संसद् भवन का वह भाग जहां सदस्य बैठते है और जहां खड़े हो कर बोलते हैं; **to have, take, be given, the ~** संसद् में बोलना, बहस में बोलना; **to cross the ~** (संसद् आदि में) दूसरे पक्ष से जा मिलाना, पक्ष परिवर्तन करना, 5 मंज़िल, तल्ला, **ground ~** पहली मंजिल, **first ~** दूसरी मंजिल, 6 *attrib* **~ price** निम्नतम या न्यूनतम (निर्धारित) कीमत

floor^2 *vt* 1 फ़र्श लगाना, 2 फ़र्श पर ईंट या पत्थर जड़ना, (कमरे आदि में) फ़र्श का काम देना 3 (प्रतिद्वन्द्वी को) चित करना, पटक देना, मार गिराना, परास्त करना, 4 भौचक्का कर देना, घबरा देना, चकरा देना [I was ~ed by the problem, argument, etc.]

flooring *n* तख़्ते, ईंट, सिल आदि जिनसे फ़र्श बनाया जाता है, फ़र्श का सामान

flop फ़्लॉप *vi & t*, *n & adv* 1 **to ~ down** धड़ाम से गिरना, चित होना, 2 **to ~ about** सांप की तरह बल खाना, बल खाते चलना, 3 (of play) बिल्कुल असफल रहना, टांय-टांय फिस होना, (of business) ठप होना, 4 *vt* to **~ down** पटक देना, *n* 1 घोर असफलता, भारी नाकामी, टांय-टांय फिस, 2 किसी नरम चीज़ के गिरने की हल्की सी आवाज़, किसी चपटी चीज़ के पानी पर गिरने की आवाज़; *adv* (of play) **to go flop** असफल रहना

flora फ़्लॉरः *n* (*pl* ~e or ~s) 1 (किसी प्रदेश या युग के) पेड़-पौधे, वनस्पति, 2 पेड़-पौधों का विवरण या वर्णन, वनस्पति-सूची; **~ and fauna** वनस्पति और जीव-जन्तु

floral फ़्लॉरल *a* 1 फूलों का, ~ wreath फूलमाला, पुष्पहार, 2 वनस्पति का, ~ **zone** वनस्पति की दृष्टि से विशेष प्रदेश, वनस्पति-प्रदेश

florescence फ़्लॉरे॑सन्स *n* 1 फूल खिलने का समय, 2 पुष्पित या कुसुमित होना, फूलना-फलना, फूलों से लदा होना, *fig* स्वर्णकाल

floret फ़्लॉ॑रिट *n* छोटा फूल

floriculture फ़्लॉ॑रिकल्चर *n* फूल लगाना, फूलों की खेती, पुष्पकृषि

florid फ़्लॉ॑रिड *a* 1 (of style) अलंकारमय, अलंकारपूर्ण, जिसमें अलंकारों की भरमार हो या अलंकारों की अद्भुत छटा हो, 2 (*of archit*) बेलबूटों से सजा हुआ, 3 सजावटी, दिखावटी, भड़कीला, 4 (of complexion) गहरा लाल या सुर्ख़

floriferous फ़्लॉ॑रिफ़-रस *a* (of seeds or plants) बहुपुष्पी, जिस पर बहुत फूल आते हों

florin फ़्लॉ॑रिन *n* (*hist*) दो शिलिंग का अंग्रेज़ी सिक्का

florist फ़्लॉ॑रिस्ट *n* 1 फूल उगाने वाला, 2 फूल बेचने वाला, 3 पुष्पविशेषज्ञ

floss फ़्लॉ॑स *n* 1 रेशम के कोये के बाहर का रोयां, लोमक, 2 ~ **silk** (लोमक से बना) मोटा रेशम

flotation *n* see floatation

flotilla फ़्लोटिला *n* 1 छोटा बेड़ा, 2 नावों या छोटे जहाज़ों का बेड़ा

flotsam फ़्लॉ॑ट्सम *n* 1 (टूटे हुए जहाज़ का) बहता माल, तैरता हुआ माल-सामान (cf. jetsam), 2 ~ **and jetsam** (*fig*) आवारा लोग

flounce^1 फ़्लाउन्स *vi & n* हड़बड़ी में या गुस्से में तेज़ी से इधर-उधर जाना [to flounce **about, in, out, down, up**], लपकना, झपटना; *n* शरीर या किसी अंग का झटका, अंगविक्षेप

flounce^2 *n & vt* (लहँगे की) झालर; *vt* झालर लगाना

flounder^1 फ़्लाउन्डर *n* एक प्रकार की छोटी चपटी मछली

flounder^2 *vi & n* 1 (कीचड़, पानी आदि में चलते समय) संभलने की कोशिश करते हुए गिर पड़ना [to ~ about in the mud or water], डगमगाना, to ~ along लड़खड़ाते हुए जाना, 2 (*fig*) **to ~ in a speech** भाषण देते समय गड़बड़ा जाना, 3 गड़बड़ करना, ग़लती करना, (काम को) संभाल न पाना; *n* 1 लड़खड़ाहट, 2 अनाड़ीपन (का काम), ग़लती, असफलता

flour फ़्लाउअर *n & vt* (गेहूं का) मैदा, महीन आटा, **corn ~** मकई का मैदा; *vt* आटा या मैदा छिड़कना

flourish¹ फ़्लरिश *vi* & *t* 1 (of plant, arts, commerce, person, etc) पनपना, फलना-फूलना, बढ़ना, फैलना, विकसित होना, उन्नति करना, समृद्ध होना, सफल होना, 2 (of famous writers etc) to ~ **in, at, about,** a certain time अमुक समय में होना या उन्नति के शिखर पर होना, 3 बहुत सजा कर लिखना, 4 *vt* (कोई वस्तु, गुण आदि) शान से दिखाना या प्रदर्शित करना, 5 (प्रदर्शन के लिए तलवार, छड़ी आदि) घुमाना या भांजना; **~ing** *a* फूलता- फलता; समृद्धिशाली

flourish² *n* 1 (अक्षर या शब्द लिखने में) सजावट, 2 अलंकार, अलंकारपूर्ण भाषा या वाक्य, 3 (तलवार आदि का) घुमाना, फिराना, भांजना, (हाथ, बांह का) शान से बढ़ाना या हिलाना [He removed his hat with a ~], 5 (किसी सम्मानित व्यक्ति के पधारने पर) तुरही आदि अनेक बाजों का एक साथ बजना, वाद्यवृन्द-ध्वनि [a ~ of trumpets]

flout फ़्लाउट *vt* अवहेलना या अवज्ञा या उल्लंघन करना, परवाह न करना, न मानना, मानने से इन्कार करना, मज़ाक उड़ाना [to ~ the public opinion, s.o.'s advice]

flow¹ फ़्लो *vi* (नदी आदि का) बहना, प्रवाहित होना, (रक्त का) संचार करना या होना, (of people) बड़ी संख्या में आना या जाना [to ~ **in, out**], उमड़ पड़ना, to swim with the ~ing tide जीतने वाले पक्ष से मिल जाना 3 (of talk) निरन्तर चलता रहना, 4 (of style) प्रवाहमय होना, धाराप्रवाह होना, 5 (of garment, hair) उड़ना, फड़फड़ाना, लहराना, 6 (of blood) खून बहना, मारकाट या हिंसा होना, 7 to ~ **from** (i) परिणाम होना, (ii) से प्राप्त होना [wealth ~s from industry], 8 (of wine) निरन्तर उंडेला जाना, बहना, 9 (*arch*) प्राचुर्य होना, land ~ing with milk and honey देश जिसमें दूध और शहद की नदियां बहती हों

flow² *n* 1 प्रवाह, बहाव, गति, धार, धारा, 2 (जलाशय, नल आदि से प्राप्त होने वाले जल की) मात्रा, 3 अविरत प्रवाह, प्राचुर्य, 4 समुद्र के जल का ऊपर उठना और तट की ओर बढ़ना, ज्वार; **ebb and flow** ज्वार-भाटा

flower¹ फ़्लाउअर *n* 1 फूल, पुष्प, कुसुम; No ~s (शव पर रखने के लिये) फूलमालाएं न लाइयेगा, 2 ~s of speech (*oft ironical*) लच्छेदार भाषा, अलंकारमयी भाषा या पदावली, 3 चुना हुआ या छांटा हुआ भाग, उत्कृष्ट अंश [the ~ of the army], 4 **in flower** जिस पर फूल आ गये हों, कुसुमित, खिला हुआ, **to burst into** ~ खिलना, कुसुमित या पुष्पित होना, **5 to be in the** ~ **of one's age** पूर्ण यौवन में होना, 6 *comb:* **~-bed** फूलों की क्यारी, ~-garden पुष्पवाटिका, ~-girl फूल-मालाएं बेचने वाली, **~-pot** गमला, **~-show** पुष्प-प्रदर्शनी

flower² *vi* & *t* 1 खिलना, विकसित होना, फूलना, कुसुमित होना, *fig* फूलना-फलना, 2 *vt* (कपड़े को) फूलों या बेल-बूटों से सजाना; **flowering** *a* 1 जिस पर फूल आते हों [~ing plant], 2 जिस पर फूल आ गये हो, पुष्पित, कुसुमित

flowery फ़्लाउअरि *a* 1 फूलों से लदा हुआ, पुष्पित, 2 फूलों या बेल-बूटों से सजा हुआ, 3 (of speech) अलंकारमय, लच्छेदार, प्रशंसात्मक

flowing फ़्लोइङ्ग *a* 1 बहता हुआ, उमड़ता हुआ, प्रवाहमय, बिना टूटे या रुके आगे बढ़ने वाला, 2 (of style) धारावाही, धाराप्रवाह, प्रवाहमय, 3 ~ beard लंबी एवं लहराती हुई दाढ़ी

flu फ़्लू *n* (*colloq*) *abbr* of influenza

fluctuate फ़्लक्चुएट *vi* 1 (of conditions etc) बदलते रहना, 2 (of markets, prices) घटना-बढ़ना, कम-ज़्यादा होना, उतार-चढ़ाव होना, 3 (of person) अस्थिर-चित्त होना, डांवांडोल होना, डगमग होना, निश्चय न कर सकना, हिचकिचाना; **fluctuating** *a* बदलता रहने वाला, घटता-बढ़ता, उतरता-चढ़ता, अस्थिर

fluctuation फ़्लक्चुएशन *n* अनियमित परिवर्तन, अस्थिरता, उतार-चढ़ाव, घटती-बढ़ती, घट-बढ़, कमी-बेशी

flue *n* (इंजन या भट्ठी आदि से) धूआं निकलने का रास्ता, धुआंकश, चिमनी

fluency फ़्लूअन्सि *n* प्रवाह, धारावाहिकता, ~ of speech वाग्मिता, बोलने में प्रवाह

fluent फ़्लूअन्ट *a* (of speech or style) धारावाही, धारावाहिक, धाराप्रवाह, प्रवाहमय, 2 a ~ speaker धाराप्रवाह भाषण करने वाला, अच्छा वक्ता, वाग्मी, वाक्पटु; ~ly *adv* to speak fluently धाराप्रवाह भाषण करना, अपने विचारों को अच्छी तरह व्यक्त कर सकना

fluff फ्लफ़ *n* & *vt* 1 कंबल आदि से झड़ने वाला रोआं, मख़मल-जैसे कपड़े का रोआं, 2 गाल पर का रोआं, 3 नरम समूर, 4 (बोलने या खेलने में) ग़लती; *vt* 1 (कपड़े को) रोएंदार बनाना, 2 (of bird) to ~ **up, out,** one's feathers परों को फुलाना, फुरेरी लेना, 3 to ~ (**out**) one's hair बालों को फुलाना, 4 to ~ a catch (*crick*) गेन्द न बोच पाना; **~y** *a* 1 नरम, मुलायम, रोएंदार [~ cloth], 2 फुलफुला, फूला हुआ [~ hair]

fluid फ़्लूइड *a* & *n* 1 हवा या पानी की तरह बहने वाला (पदार्थ); जो ठोस न हो, द्रव, तरल (पदार्थ), [*N.B.* Fluid includes gases and liquids], 2 (of conditions, opinions, etc) परिवर्तनशील, अस्थिर [The situation is fluid]; ~ity *n* 1 द्रवता, तरलता, 2 परिवर्तनशीलता, अस्थिरता

fluke¹ फ़्लूक *n* (also ~-worm) भेड़ के यकृत् में पाया जाने वाला परजीवी कृमि, पर्णाभ कृमि

fluke² *n* 1 लंगर का कुंडा या पंजा, लंगर-पंजा, 2 (*pl*) (ह्वेल मछली की) पूंछ

fluke³ *n* अचानक ठीक पड़ने वाला दांव, अचानक

ठीक लगने वाला निशाना; **by a ~** अकस्मात्, संयोगवश, सौभाग्यवश, दैवयोग से; **fluky** *a* 1 दैवयोग से या संयोगवश होने वाला, 2 अनिश्चित

flummery फ़्लमरि *n* 1 दूध, मैदा और अंडे मिला कर बनाया जाने वाला हल्वा, 2 झूठी प्रशंसा, दिखावा, पाखंड, बकवास [That's all ~]

flump फ़्लम्प *vi & t & n* to ~ **down** धड़ाम से गिरना या गिराना; *n* धड़ाम

flunk(e)y फ़्लङ्कि *n* (usu *derog*) 1 बावर्दी नौकर, अरदली, 2 चापलूस, ख़ुशामदी

fluoresce फ़्लुअ-रेँस *vi* चमकना, जगमगाना, दीप्त या दीप्तिमान होना

fluorescence फ़्लुअरेँसन्स *n* रंगीन दीप्ति या चमक या आभा, प्रतिदीप्ति

fluorescent फ़्लुअ-रेँसन्ट *a* दीप्त, दीप्तिमान, प्रतिदीप्तिशील, जगमगाता हुआ, **~ tube** प्रतिदीप्ति ट्यूब (जिसके अन्दर लगा फ़ास्फ़ोरस चमकता है)

fluoridation फ़्लुअरि-डेशन *n*(दान्तों का गलना रोकने के लिए पीने के पानी में)फ़्लोराइड(fluoride) मिलाना

fluoride फ़्लुअ-राइड *n* फ़्लोरीन का यौगिक

fluorine फ़्लुअ-रीन *n* (*chem*) एक अधातु तत्व, फ़्लोरीन गैस

flurry फ़्लरि *n & vt* 1 एक साथ कई काम पड़ जाने से होने वाली घबराहट, हड़बड़ी, एक साथ कई काम करने से होने वाली गड़बड़ या उलट-पुलट, अव्यवस्था, 2 काम काज का आकस्मिक ज़ोर, 3 हवा का तेज झोंका, झंझावात; *vt* हड़बड़ाना, घबरा देना, खलबली पैदा करना [to get flurried]

flush[1] फ़्लश *n & vt* एक साथ उड़ते हुए पक्षियों का झुंड; *vt* 1 (पक्षियों के झुंड को)एक साथ उड़ाना, 2 **to ~** s.o. **from, out of, a place** बाहर निकालना, भगाना

flush[2] *vi & t* 1 (of stream) वेग के साथ बह निकलना [to ~ **forth, out**], फूट पड़ना, 2 (of person, his face) (लज्जा या क्रोध से) चेहरा लाल होना, 3 (of plant) नये अंकुर निकलना, 4 *vt* to ~ **(out)** a drain etc पानी की धार छोड़ कर मोरी आदि को धो डालना या साफ़ करना, 5 पानी भर देना [to ~ the meadow], 6 (usu in *pass*) चेहरा लाल हो जाना [She was ~ed with exercise]; (गर्व, खुशी आदि से) फूला न समाना [He was ~ed with joy, victory, etc]

flush[3] *n* 1 (पानी का) तेज बहाव, प्रबल प्रवाह, 2 आकस्मिक बाहुल्य या बहुतायत, 3 आवेग, आवेश, जोश, ज़ोर, नशा, गर्व, अभिमान, **in the first ~ of victory** विजय के नये जोश या नशे में, 4 चेहरे पर रक्त का एकाएक संचार, रक्त के एकाएक संचार से चेहरे पर आने वाली लाली, कांति, रौनक, 5 दीप्ति, आभा, 6 (ज्वर की) गर्मी या तेज़ी

flush[4] *a* 1 मुँहामुँह या लबालब भरा हुआ, (of stream) उमड़ता हुआ, किनारों के बाहर उछलता हुआ, 2 (usu *pred*, of person) to be **~ of** money बहुत रुपया-पैसा होना, धनाढ्य होना, धन-कुबेर होना; (of money) प्रचुर, बहुत अधिक, भरपूर, 3 (of surface) समतल, सपाट, चौरस, हमवार, जो ऊबड़-खाबड़ न हो, **flush door** सपाट किवाड़; to be ~ **with** sth किसी के बराबर सतह पर होना, किसी के तल से तल पूरी तरह मिला होना [The doors are ~ with the walls]

fluster फ़्लस्टर *n & vt i* 1 मन में एक साथ उठती हुई विभिन्न भावनाओं के कारण होने वाली घबराहट (cf. flurry), बेचैनी, खलबली, व्याकुलता [in a ~]; *vt* शराब पिला कर चकरा देना, हड़बड़ाना, घबरा देना [to be, get, ~ed]; *vi* हड़बडा जाना, घबरा जाना

flute फ़्लूट *n, vi & t* 1 बांसुरी, मुरली, वेणु, 2 खंभे पर खोद कर बनाई गई खड़ी नाली, खड़ी झिरी, लंबी धारी; *vi* 1 बांसुरी बजाना, मुरली की सी आवाज़ में बोलना या सीटी बजाना, 2 *vt* to ~ a tune बांसुरी पर कोई धुन बजाना, 3 (खंभे आदि में) खड़ी झिरी खोदना; **flutist** *n* बांसुरी या मुरली बजाने वाला

flutter[1] फ़्लटर *n* 1 आकस्मिक संकट उपस्थित होने पर डरपोक व्यक्ति को होने वाली घबराहट (cf. flurry & fluster), हड़बड़ी, बेचैनी, हलचल, खलबली, सनसनी, **to be in a ~**, हड़बड़ा जाना, खलबली मच जाना, **to cause** (*or* **make**) **a ~** तनिक खलबली मचाना, 2 फड़फड़ाहट [the ~ of wings]

flutter[2] *vi & t* 1 (of bird) पर या पंख फड़फड़ाना, फड़फड़ाते हुए इधर-उधर उड़ना या ज़मीन पर आ गिरना [to ~ **about,** to ~ to the ground], 2 (of flag) फड़फड़ाना फहराना, लहराना, 3 (of heart) धड़कना, धक-धक करना, 4 (of person) घबराहट से इधर-उधर जाना, 5 *vt* (व्यक्ति को) हड़बड़ाना, आतंकित करना, 6 to ~ the dovecotes (see dovecote)

fluty फ़्लूटि *a* (of voice etc) बांसुरी की ध्वनि के समान; मधुर एवं स्पष्ट

fluvial फ़्लूविअल *a* नदी का, नदी-संबंधी, नदी में पाया जाने वाला, नदीय, नदी के द्वारा किया या बनाया हुआ, नदीकृत [~ deposits]

flux फ़्लक्स *n* 1 प्रवाह, बहाव, बाढ़, 2 ~ and **reflux** ज्वार-भाटा; (*fig*) उतार-चढ़ाव, 3 (*arch*) ~ of blood रक्तस्राव, 4 अस्थिरता, निरन्तर परिवर्तन, बार-बार होने वाला या पौनःपुनिक परिवर्तन, परिवर्तन का पौनःपुन्य; to be in a state of ~ बार बार परिवर्तन होना, परिवर्तन होते रहना, अनिश्चित या अस्थिर होना, 5 *math* निरन्तर या अविच्छिन्न गति, 6 *phys* किसी जगह पर से बह कर जाने वाले द्रव की मात्रा, 7 *metall* गलाने में सहायता देने के लिए धातु में मिलाई जाने वाली

चीज़, गालक

fly^1 फ़्लाइ *n* 1 मक्खी, मक्षिका, 2 **a ~ in the ointment** मामूली सी बात जिससे मज़ा किरकिरा हो जाये, अड़चन; there's a fly in the ointment ज़रा सी अड़चन है, 3 **(there are) no flies on him** (*sl*) वह बड़ा समझदार है; उसे उल्लू नहीं बनाया जा सकता, 4 *comb*: **~catcher** मक्खी मारने वाला पक्षी-विशेष, ~paper मक्खीमार कागज़ (जिस पर चिपक कर मक्खियां मर जाती हैं), **fly-weight** ५१ किलोग्राम तक वज़न का मुक्केबाज़, हल्का मुक्केबाज़

fly^2 *vi & t* 1 उड़ना; उड़ाना, 2 (of flag, hair garment) लहराना, फहराना, इधर-उधर उड़ना, फड़फड़ाना, 3 (of person) भागना, भाग खड़ा होना, तेज़ी से निकल जाना, विमान द्वारा जाना या यात्रा करना, हवाई जहाज़ से सफ़र करना, (of time) जल्दी बीत जाना 4 **The bird is** (*or* **has**) **flown** जिसकी खोज हो रही है वह भाग गया है; चिड़िया उड़ गई, 5 **to ~ high** ऊंची अभिलाषा रखना, महत्त्वाकांक्षी होना; समृद्ध होना, 6 **to ~ at, upon,** s.o. किसी पर टूट पड़ना, आक्रमण करना, झपटना, 7 **to ~ in the face of** (i) के प्रतिकूल जाना; (ii) का खुल्लमखुल्ला विरोध करना [You are ~ing in the face of Providence] (also see face^1), **8 to ~ into a passion, rage** आग बबूला होना, **9 The door flew open** किवाड़ एकाएक खुल गया, **10 to make the money ~** रुपया उड़ाना या लुटाना या बरबाद करना, **11 to send the enemy** ~ing शत्रु को मार भगाना, **12 to ~ for one's life** जान बचाने के लिए भाग खड़ा होना, 13 *vt* (कबूतर, पतंग आदि) उड़ाना **14 to ~ a flag** झंडा फहराना; झंडा ऊंचा रखना, **15** (विमान) उड़ाना; विमान में (यात्रियों आदि को) ले जाना, **16 to ~ a kite** (*fig*) जनता की राय या प्रतिक्रिया जानने के लिए कोई प्रस्ताव करना या कोई कदम उठाना, **17** *comb*: **flyover** (i) सड़क (या रेलवे लाइन) के ऊपर दूसरी सड़क या लाइन बिछाने के लिए बना पुल, **अधिसेतु**, सेतु (ii)= ~-past; **~-past** विमानों की सलामी-उड़ान या प्रदर्शन-उड़ान

fly^3 *n* 1 उड़ान, on the ~ उड़ता हुआ, उड़ान करता हुआ, 2 उड़ान द्वारा तै की गई दूरी, 3 किराये की गाड़ी या बग्घी (*pl* usu ~s), 4 (*theatr*) The flies रंगशाला में आर्केस्ट्रा और यवनिका के बीच की जगह, 5 *comb*: **~-leaf** (पुस्तक के शुरू और अन्त का) कोरा पन्ना; गश्ती चिट्ठी का कोरा पन्ना; **~-sheet** (दो या चार पन्नों की) गश्ती चिट्ठी या इश्तिहार; **~-wheel** (*mech*) उपचक्र

flyer, flier फ़्लाइअर *n* 1 पक्षी, high ~ ऊंचा उड़ने वाला पक्षी, poor ~ बहुत कम ऊंचा उड़ने वाला पक्षी, 2 बहुत तेज़ भागने वाला जानवर, बहुत तेज़ गाड़ी, 3 उड़ाका, हवाबाज़, वायुसैनिक, वैमानिक

flying^1 फ़्लाइ-इङ्ग *n* 1 **~ field** हवाई अड्डा, **~ officer** वायुसेना का अफ़सर (जो पाइलट अफ़सर से बड़ा और फ़्लाइट लफ़्टिनन्ट से छोटा होता है)

flying^2 *a* 1 ~ boat एक प्रकार का विमान जो किश्ती का काम भी देता है, उड़न-नौका, उड़न-किश्ती, **2 flying squad** मोटर-गाड़ियों से युक्त पुलिस दस्ता जो तुरन्त घटना-स्थल पर पहुंच जाता है और अपराधियों का पीछा करता है, उड़न दस्ता, तूफ़ानी दस्ता, 3 ~ **visit** कुछ घंटों या थोड़े दिनो की यात्रा, to pay a ~ visit to Delhi कुछ घंटों या दो-एक दिन के लिए दिल्ली जाना या आना

foal फ़ोल *n* & *vi* 1 घोड़े, गधे, टट्टू आदि का (नर या मादा) बच्चा, बछेड़ा, बछेड़ी (cf. colt, filly), 2 a mare **in** *or* **with ~** गाभिन घोड़ी; *vi* (of mare) ब्याना

foam फ़ोम *n* & *vi* झाग, फेन, बुलबुले, 2 *poet* समुद्र, 3 (also **~-rubber**) गद्दों के लिए स्पंज-जैसा रबड़, फेन-रबड़; *vi* झाग उगलना या गिराना, मुंह से झाग निकलना, (of water) (पानी में) झाग उठना; to ~ with rage आग बबूला होना; **~y** *a* झागदार, फेनिल

fob^1 फ़ॉब *n* (पतलून में घड़ी रखने की) जेब.

fob^2 *vt* (-bb-) ठगना **[to ~** s.o. **(off)]; to ~ s.o. off with sth, to ~ sth off on s.o.** किसी को धोखे से घटिया चीज़ दे देना, घटिया चीज़ किसी के गले मढ़ देना

focal फ़ोकल *a* 1 केन्द्र का, केन्द्रीय, केन्द्र पर स्थित या एकत्रित, **~ point** केन्द्र-बिन्दु, 2 (*opt*) किरणकेन्द्र का, किरण केन्द्र-संबंधी, **~ distance** *or* **length** दर्पण या लेन्स की नाभि और किरण-केन्द्र के बीच की दूरी, फ़ोकस दूरी (see foll)

focus^1 फ़ोकस *n* (*pl* **-ci,-cuses**) 1 केन्द्र, केन्द्रबिन्दु, फ़ोकस, 2 *phys* वह बिन्दु जहां दर्पण से टकरा कर लौटती हुई या लेन्स से निकलती हुई किरणें एकत्रित होती हैं, किरणकेन्द्र, फ़ोकस, 3 वह बिन्दु जहां रखने पर ही किसी वस्तु का दर्पण या लेन्स द्वारा स्पष्टतम प्रतिबिम्ब बनता है, किरणकेन्द्र; फ़ोकस, **to be in, out of, ~** किरण केन्द्र या फ़ोकस पर स्थित होना (या न होना); **to bring sth into ~** (i) किसी वस्तु को फ़ोकस पर लाना, (ii) किसी वस्तु या बात को स्पष्ट कर के दिखाना या स्पष्ट रूप में प्रस्तुत करना [Recent events have brought into sharp ~ the need for self-reliance in matters of defence]

focus^2 *vt* & *i* केन्द्रित करना, केन्द्रित होना, एकाग्र करना या होना, फ़ोकस करना [to ~ the rays, attention, etc on sth]; All eyes were ~ed on him सब की आंखें उस पर लगी थीं

fodder फ़ॉडर *n* चारा, भूसा, सूखी घास, green ~ चरी

foe फ़ो *n* (*poet* or *rhet*) शत्रु, वैरी, दुश्मन, प्रतिपक्षी, विरोधी

foetal फ़ीटल *a* भ्रूण-संबंधी

foeticide फ़ीटिसाइड *n* भ्रूण-हत्या

foetus फ़ीटस *n* भ्रूण (also see embryo)

fog^1 फ़ॉग *n* 1 कोहरा, कुहरा, कुहासा, धुंध, **fog-signal** रेल-लाइन पर रखा पटाख़ा जो गाड़ी के गुज़रने से फट कर संकेत करता है कि आगे धुंध है, धुंध-संकेत (पटाखा), 2 धुंधलापन, स्पष्ट दिखाई न देना, अंधेरा छा जाना, 3 **I'm in a fog** मैं कुछ नहीं समझ पा रहा; चकरा गया हूं

fog^2 *vt* & *i* 1 कोहरे या धुंध से घेर लेना; *vi* धुंध छा जाना, 2 (*photog*) (नैगेटिव प्लेट) घूमिल करना या होना, धुंधला करना या होना, 3 चकरा देना, घबरा देना

foggy फ़ॉगि *a* 1 जहां, जिस पर या जब कोहरा छाया हुआ हो [It's ~ today], 2 घूमिल, धुंधला, 3 अस्पष्ट, I have only a ~ **idea** of it इस का मुझे ठीक-ठीक पता नहीं है; You haven't the foggiest idea तुम्हें बिल्कुल पता नहीं है

fogy, -gey फ़ोगि *n* (usu **old** ~) पुराने विचार का व्यक्ति, पुराणपन्थी

foible फ़ॉइबल *n* त्रुटि, दोष, चारित्र्य-दोष, अवगुण, (जिस पर कोई ग़लती से गर्व करे), चरित्र की दुर्बलता, चारित्रिक दुर्बलता

foil^1 फ़ॉइल *n* 1 *archit* खिड़की की मेहराब, मेहराब के दो सिरों के बीच की जगह; बंगड़ी, 2 (धातु को कूट-पीट कर बनाया हुआ) पत्तर, पन्नी, वरक (usu gold-, silver-, lead-, tin-, foil), 3 (चाकलेट, सिगरेट आदि को लपेटने का) वरक, 4 कोई ऐसी वस्तु जो दूसरी के पास रखने से उसके गुणों को अधिक चमका दे (जैसे काली वस्तु के ऊपर रखने से सफ़ेद वस्तु अधिक सफ़ेद लगती है); **to serve as a foil to** s.o.'s beauty तुलना में किसी के सौंदर्य को अधिक चमकाने का काम देना

foil^2 *vt* विफल करना, बेकार करना, न होने देना, न चलने देना [to ~ an attempt, a plan, etc; to ~ s.o. (in his attempt)]

foil^3 *n* पटेबाजी की तलवार

foist फ़ॉइस्ट *vt* 1 धोखे से चलाना, **to ~ sth on s.o.** कोई (घटिया) चीज़ किसी गाहक आदि के गले मढ़ना, 2 **to ~ into sth** चालाकी से या अनधिकृत रूप से घुसेड़ना या डालना [to ~ immoral ideas into a book], 3 to ~ a book **on** s.o. किसी को यों ही किसी ग्रन्थ का रचयिता बताना

fold^1 फ़ोल्ड *n* & *vt* 1 (usu sheep-fold) भेड़ों का बाड़ा, 2 *fig* धर्म-विशेष के सारे अनुयायी, संघ, समाज, दल, गुट; *vt* (भेड़ों को) बाड़े में बन्द करना

fold^2 *vt* & *i* & *n* 1 तह करना या लगाना [Fold the letter before you put it in the envelope]; तह होना या लगना, मोड़ना, मुड़ना, दोहरा करना या होना, 2 to ~ hands हाथ जोड़ना, with ~ed hands हाथ जोड़ कर, **to ~ s.o. in one's arms** बाहों में भरना, छाती से लगाना, 3 to fold sth **in sth** किसी चीज़ को किसी चीज़ में लपेटना; *n* 1 (कपड़े, कागज़ आदि मुड़ने वाली चीज़ की) तह, परत, मोड़, (कपड़े की) सिलवट, दो तहों के बीच की जगह, 2 पहाड़ का मोड़ या अन्दर गया हुआ भाग, 3 (सांप की) कुंडली, (रस्सी का) कुंडल

-fold^3 *suf* -गुना, **two-fold** दुगना, दूना, **ten-fold** दसगुना

folder फ़ोल्डर *n* तह किया हुआ इश्तहार, चोपन्ना, तह की हुई गश्ती चिट्ठी

folding *a* टूटवां [~ chair, table], मुड़वां [~ map]

foliage फ़ोलि-इज *n* 1 पत्ते, पत्ते-पत्तियां, 2 बेल-बूटे

foliate^1 फ़ोलि-अट *a* 1 पत्ते-जैसा; पत्तों वाला, 2 बेल-बूटेदार, 3 1, 5, etc.-foliate एक पत्ते वाला, पांच पत्तों वाला आदि

foliate^2 फ़ोलियेट *vi* & *t* 1 परतों में विभाजित होना, 2 *vt* खिड़की या दरवाज़े को चाप या मेहराब से सजाना, 3 (पुस्तक के) वरकों (न कि पृष्ठों) पर नम्बर लगाना (cf. paginate)

folio फ़ोलियो *n* 1 पांडुलिपि का पन्ना या वरक़, 2 (Bookkeeping) बहीखाते के आमने-सामने के दो पन्ने, 3 (छपी पुस्तक के) वरक़ अथवा पृष्ठ का नम्बर, 4 एक बार भांजा हुआ कागज़ का तख़्ता, फ़ोलियो; ~ edition ऐसे पन्नों पर छपा संस्करण, फ़ोलियो-संस्करण

folk फ़ोक *n* (*pl* ~ *or* ~s) 1 जाति, कौम, 2 (i) लोग, लोग-बाग, जनता; country ~ गांव के लोग, ग्रामीण जनता; (ii) संबंधी my ~s मेरे घर वाले, मेरा परिवार, 3 *attrib* लोक-, परम्परागत, **~-art** लोक-कला, **~-dance** गांव के लोगों का नृत्य, लोक नृत्य; **~-song** लोकगीत, **~ music** लोक संगीत, **~-lore** (किसी जाति के) परम्परागत विश्वास, प्रथाएं, आख्यानक आदि; ऐसे विश्वासों एवं प्रथाओं का संग्रह, लोक-विद्या

follow फ़ॉलो *vt* & *i* 1 पीछे-पीछे चलना या आना या जाना; पीछा करना [to ~ the enemy], 2 अनुसरण करना; साथ देना; शिष्य या अनुयायी होना [to ~ a leader, religion, etc], 3 **to ~ one's nose** नाक की सीध में जाना, 4 to ~ a road, track, etc सड़क या पगडंडी पर जाना या चलता जाना (अर्थात् जिधर सड़क मुड़े उधर मुड़ जाना), 5 **to ~ a trade, profession,** etc कोई व्यवसाय या काम-धंधा करना, 6 **to follow the hounds** शिकार खेलना, शिकारी होना; **to ~ the plough** हल चलाना, खेती-बाड़ी करना, किसान

होना; **to ~ the sea** नाविक या मल्लाह होना, 7 **to ~ s.o.'s advice** किसी की नसीहत पर चलना या अमल करना, 8 **to ~ s.o.'s example** किसी के चरण-चिन्हों पर चलना, किसी का अनुकरण करना, 9 **to ~ suit** किसी का अनुकरण करना, किसी की नकल करना; जैसा किसी और ने किया हो वैसा ही करना, (also see suit^1), **10** (दलील, तर्क; वक्ता की बात आदि) समझना, मतलब समझना, ग्रहण करना [to ~ an argument, a speaker, etc], **11** *vi* बाद में आना, निम्नलिखित होना, His arguments are as ~s उसकी युक्तियां निम्नलिखित हैं, इस प्रकार हैं, **12** मतलब होना, निष्कर्ष निकलना, **It ~s** that he was not there इसका यह मतलब है (इस से यह निष्कर्ष निकलता है) कि वह वहां नहीं था, **13** with *prepp*: (*crick*) to **~ on** (किसी पक्ष का दूसरे से बहुत कम रन बनाने पर) पहली इनिंग समाप्त करते ही दूसरी इनिंग खेलना; **~-on** *n & a* फ़ालो-आन [to avert a ~-on], to **~ sth up** (किसी काम को) दृढ़ संकल्प से करते रहना, काम में जुटे या लगे रहना; किसी काम के बाद दूसरा काम करना, और खोज करना; **~-up** *n & a* आगे की कार्यवाही, अनुवर्ती कार्यवाही, (पहली चिट्ठी आदि के बाद) उसी विषय पर दूसरी चिट्ठी

follower फ़ॉलोअर *n* **1** अनुयायी, अनुवर्ती, चेला, शिष्य, **2** संगी, साथी, अनुचर, सेवक

following^1 *n* अनुयायीवर्ग, शिष्यसमुदाय [He has a large ~]

following^2 *a* **1** निम्नलिखित, नीचे लिखा (हुआ), नीचे दिया (हुआ), निम्नांकित, अधोलिखित, **2** अगला, आगे आने वाला; On the ~ day अगले दिन; (as *pron sing* or *pl*] The following is (*or* are) noteworthy निम्नलिखित ध्यान देने योग्य है (या हैं)

folly फ़ॉलि *n* **1** मूर्खता, बेवकूफ़ी, पागलपन, मूर्खता का काम, बेवकूफ़ी की बात, हास्यास्पद बात, **2** बहुत लागत से बनी इमारत जो अनुपयोगी (समझी जाती) हो (usu with originator's name)

foment फ़ोमेन्ट *vt* **1** (घाव आदि को) गरम एवं द्रव औषध से धोना अथवा सेंकना, सेंकना, सिकाई करना, **2** (उपद्रव, राजद्रोह, क्रांति के लिए लोगों को) उकसाना, उभाड़ना, भड़काना, उत्तेजित करना [to ~ trouble, sedition, revolution, etc]; **~er** *n* भड़काने वाला; उत्तेजक

fomentation फ़ोमेन्टेशन *n* (see prec) **1** सेंक, सिकाई, **2** उकसाना, भड़काना

fond फ़ॉन्ड *a* **1** झट से विश्वास कर लेने वाला, भोला-भाला, सीधा-सादा, **2** लाड़-प्यार करने वाला, बहुत स्नेह करने वाला, स्नेही, अनुरक्त, (किसी पर) मोहित या लट्टू, **3 to be ~ of s.o.** किसी पर अनुरक्त या मोहित या लट्टू होना, **4 to be ~ of (doing) sth** किसी बात या चीज का शौकीन होना, किसी बात का चाव या शौक होना, **4** (*archaic*) **fond hope** मधुर आशा (जिस के पूरा होने की संभावना कम हो); **~ly** *adv* बड़े स्नेह से, बड़े चाव या शौक से; **~ness** *n* **1** स्नेह, प्रेम, अनुराग, आसक्ति, **2** इच्छा, चाह, चाव या शौक [**~ness for sth**]

fondle फ़ॉन्डल *vt & i* लाड़-प्यार करना, छाती से लगाना, पुचकारना, चुमकारना

font^1 फ़ॉन्ट *n* (बपतिस्मा देने के) पवित्र जल का पात्र; **~al** *a* **1** मूल, मौलिक, आदि, मूल स्रोत संबंधी, **2** बपतिस्मा देने का, बपतिस्मा-संबंधी

font^2 *n* (*print*) एक ही मोटाई और आकार के अक्षरों का वर्ग, टाइप-वर्ग

food फ़ूड *n* **1** भोजन, खाना, खुराक, आहार, खाद्य, अन्न, (of animals) चारा, **2 ~ crops** अनाज की फ़सलें, **~ grains** अनाज, अन्न, गल्ला, **food-stuff** खाद्यपदार्थ, खाद्य सामग्री; ~ and drink खान-पान, खाना-पीना, खाने-पीने का सामान, **food value** पोषक तत्व, पोषकत्व, **3 mental** *or* **intellectual ~** मन की खुराक, बुद्धि की खुराक, मानसिक या आध्यात्मिक भोजन, **4 food for thought** चिन्तन या मनन करने के लिये सामग्री या विषय; to give s.o. ~ for thought किसी को ऐसी बात सुझाना या कहना जिस पर वह बाद में सोचता रहे

fool^1 फ़ूल *n* **1** मूर्ख, मूढ़, बेवकूफ़, नासमझ, पागल, उल्लू, **2** विदूषक, मसखरा, भांड, **3 to act** *or* **play the ~** (i) ग़लती करना, मूर्खता करना, (ii) विदूषक बनना, विदूषक का काम करना, भंडैती करना, **4 to make a ~ of oneself** उपहास-पात्र बनना; **to make a ~ of** s.o. किसी को ठगना, उल्लू बनाना, **5 All Fools' day** पहली अप्रैल, **6** to send s.o. (*or* **to go**) on a **~'s errand** किसी को व्यर्थ काम में लगाना, व्यर्थ काम में लगना, **7 fool's paradise** झूठा और अस्थायी सुख, मिथ्या स्वर्ग, **8 foolproof** (i) (of machinery) जिसमें कोई गड़बड़ न की जा सके, जिसे बिगाड़ा न जा सके, जिस में कोई ख़तरा न हो, (ii) कारगर, अचूक, अमोघ [~proof method], (iii) of rules etc) इतना स्पष्ट कि उसे ग़लत न समझा जा सके, जिसके विषय में किसी को भ्रम न हो सके, सुस्पष्ट, निर्भ्रान्त

fool^2 *vi & t* **1** मूर्खता करना, **2 to ~ about, around** समय गंवाना, आवारा फिरना, **3** *vt* to ~ one's time or money **away** समय गंवाना, रुपया बरबाद करना, **4** to ~ s.o. किसी को उल्लू बनाना, ठगना, to ~ s.o. **out of** money किसी से रुपया ऐंठना

foolery फ़ूलरि *n* **1** मूर्खता, बेवकूफ़ी, in *pl* मूर्खता की बातें, **2** मसखरे का काम, भंडैती

foolhardiness *n* मूर्खतापूर्ण दुस्साहस, **foolhardy** फ़ूलहार्डि *a* खामखाह ख़तरा मोल लेने वाला, बिना सोचे समझे कूद पड़ने वाला, दुस्साहसी

foolish फ़ूलिश *a* **1** मूर्ख, बेवकूफ़, **2** मूर्खता का,

मूर्खतापूर्ण, 3 हास्यास्पद, बेतुका; **~ness** *n* मूर्खता

foot^1 फ़ुट *n* (*pl* feet) 1 पैर, पांव, चरण, पद, पाद, 2 पग, कदम, चाल; He has a light ~, he is swift of foot वह तेज़ चलने वाला है, 3 *pros* (छन्द का) चरण, 4 (चारपाई या पलंग का) पांयता, पैताना, 5 पहाड़ी का निचला सिरा, तलहटी, तराई, 6 सूची का अन्तिम भाग, 7 पृष्ठ का निचला सिरा, पाद, 8 श्रेणी के पिछड़े हुए छात्र [He is at the ~ of the class; cf bottom], 9 तलछट, गाद, 10 बारह इंच की नाप, फ़ुट, 11 *idioms*: (1) **to put one's best foot forward** मुस्तैदी से काम करना, पूरा ज़ोर लगाना, (also see best^1), (2) **to have one ~ in the grave** कब्र में पैर लटकाए हुए होना, मरणासन्न होना, (3) to sit at s.o's feet किसी के चरणों में बैठना, किसी का शिष्य होना, (4) **to set ~ on** Indian soil, भारत की भूमि पर कदम रखना; पदार्पण करना, He has never set ~ in my house उसने मेरे घर में कभी कदम नहीं रखा, (5) **to carry** s.o. **off his feet** (भावना, उत्साह आदि की) लहर में बहा ले जाना; He was carried **off** his feet वह लहर में बह गया, वह संभल न पाया; (6) **to rise to one's feet (again)** फिर उठ खड़ा होना, *Parl* बोलने के लिए खड़ा होना, (7) **to be on one's feet** खड़ा होना या रहना, I've been on my feet all day मैं दिन भर खड़ा रहा हूं; स्वस्थ होना; अपनी जीविका कमाना, रोज़गार वाला होना, (8) to keep one's feet मज़बूती से खड़ा रहना, न गिरना, (9) **to put one's ~ down** कड़ा रवैया अपनाना; अड़ जाना, to put one's **~ down upon** sth किसी बुराई या कुप्रथा को दृढ़ता से दबाना या रोकना; (किसी योजना आदि की) स्वीकृति देने से इन्कार करना, (10) **to have, get, cold feet** डर जाना, कायरता दिखाना, 12 *adv phrr* (1) on **foot** पैदल, to go on foot पैदल जाना, (2) **to set** an agitation, a movement, a scheme, a business, etc. **on foot** आन्दोलन शुरू करना या चलाना; योजना या व्यवसाय आरंभ करना, (3) **to trample, tread, sth under foot** किसी चीज़ को पांव तले रौंदना; कुचलना, 13 *comb*: **football** फ़ुटबाल, **~board** (गाड़ी में चढ़ने-उतरने का) पायदान, **~fall** पदचाप, पांव की आहट, **~hills** पहाड़ की तराई या तलहटी, **foothold** पांव धरने या खड़े होने की जगह, टेक, सहारा [to get a foothold], **footlights** रंगमंच के किनारे पर की बत्तियां जो रंगमंच पर प्रकाश डालती हैं किन्तु दर्शकों की ओर से ढकी रहती हैं, पाद बत्तियां, **~man** (बावर्दी) द्वारपाल, नौकर, **footnote** पाद टिप्पणी, फ़ुटनोट, **~pad** पैदल चलने वाला डाकू, लुटेरा, **~-path** पैदल चलने का रास्ता, पटरी, पगडंडी; **~print** पांव का निशान, पदचिन्ह, चरणचिन्ह, **foot-rule** फ़ुटा; **~-soldier** पैदल सैनिक, पदाति; **~sore** चलने से जिसके पैरों पर छाले पड़ गये हों या पैर दर्द कर रहे हों; **footstep** (i) कदम, (ii) पद-चाप, (iii) पदचिन्ह; **footwear** जूता; जुराब, **footwork** (नृत्य, खेल, आदि में) पांव रखने-उठाने का ढंग, पादविक्षेप, फुरती

foot^2 *vt & i* 1 to foot it (i) नृत्य करना, (ii) पैदल चलना, We've missed the bus, so we'll have to ~ it, 2 **to foot the bill** (*colloq*) बिल अदा करना या चुकाना [Who will ~ the bill?], 3 to foot **up** (i) योग करना, जोड़ना, जमा करना, (ii) कुल योग या जोड़ होना, the bill, the cost, ~s up to Rs. 50/- बिल का कुल योग ५०/- है, कुल लागत पचास रुपये है

footage फ़ुटिज *n* फ़ुटों में लंबाई, फ़ुट-माप

footing *n* 1 पैर टेकना या जमाना; पैर टेकने या जमाने की जगह, टेक, सहारा [to gain a ~, see gain *vb*], 2 स्थिति, हालत, **on a war footing** युद्ध जैसी स्थिति मान कर, युद्ध काल जैसी (तैयारी आदि), युद्ध-स्तर पर, 3 सामाजिक स्थिति, हैसियत, दर्जा, **to be on an equal ~ (with** s.o.) किसी के बराबर हैसियत या दर्जे का होना

fop फ़ॉप *n* = dandy; **~pery** *n* छैलापन; **~pish** *a* बना-ठना

for^1 फ़ॉर, फ़र *prep* 1 Member for West Delhi (संसद् में) पश्चिम दिल्ली का प्रतिनिधि, 2 पक्ष में, He is **for** electoral reform वह चुनाव प्रणाली के सुधार के पक्ष में है; **for and against** पक्ष में और विपक्ष में, 3 as **for** him जहां तक उसका सवाल है, 4 **for all that** इसके बावजूद; For all you say, I still like him तुमने जो कुछ कहा है उसके बावजूद वह मुझे अच्छा लगता है, 5 **but for** के बिना; But for your help, I wouldn't have passed अगर आप मेरी मदद न करते तो मैं पास न होता (also see but^1 3), 6 to translate **word for word** शब्दश: अनुवाद करना, 7 I have known him **for** years मैं उसे बरसों से जानता हूं [cf since]; I am going away **for** a week मैं सप्ताह के लिए जा रहा हूं, **for the present, for the time being** फ़िलहाल, **for good** सदा के लिये, स्थायी रूप से, 8 **It is for you** to warn him आप को उसे सावधान कर देना चाहिए; It is not **for me** to decide this इसका फ़ैसला करना मेरा काम नहीं है; It is not **for you** to criticize him उसकी आलोचना करना तुम्हें शोभा नहीं देता, 9 **I for one** do not believe कम से कम मैं तो यह नहीं मानता, 10 trains **for** Delhi दिल्ली जाने वाली गाड़ियां, 11 For two miles the road is rough दो मील तक सड़क ऊंची-नीची है, **ऊबड़-खाबड़ है**

for^2 *conj* क्योंकि, कारण (यह है कि) [I called at his house, for I had a message to deliver]

forage^1 फ़ॉरिज *n* 1 (गाय-भैंस और घोड़ों का, वि० सेना के घोड़ों का) चारा, **to go on the ~** चारे की तलाश में जाना, रसद खोजना

forage^2 *vi & t* 1 चारे की तलाश करना, 2 **to ~ for** sth किसी चीज़ की खोज या तलाश करना, 3 *vt* to ~ a country किसी देश को लूटना, उजाड़ना, 4 to ~ a horse घोड़े को चारा देना; **~r** *n* लूट-खसोट करने वाला

foramen फ़रेमेंन *n* (*pl* **-mina**) *anat, zool, bot* सूराख़, छिद्र, रन्ध्र, विवर, **~ magnum** बृहत् रन्ध्र, महारन्ध्र; **foraminate, -ated** *aa* सूराख़दार, छिद्रमय

forasmuch as *conj* चूंकि, क्योंकि, यह देखते हुए कि; Forasmuch as he has fully recovered, further bulletins are not necessary.

foray फ़ॉरे *n & vi* (वि० अनाज या पशु आदि लेने के लिये) आकस्मिक आक्रमण, धावा, छापा, घुसपैंठ, लूटमार, [to go on a ~]; *vi* धावा बोलना, छापा मारना

forbear^1 फ़ॉर्बेंअर *n* (usu in *pl*) पूर्वज, पुरखा, बाप-दादा

forbear^2 फ़र्बेंअर *vt & i* (-bore,-borne) 1 किसी चीज़ से परहेज़ करना, बचना, 2 (किसी चीज़ का) नाम न लेना, प्रयोग न करना, 3 *vi* to **~ from doing** sth किसी बात से परहेज़ करना या बचना, करने से बाज़ रहना, 3 धैर्य्य रखना, धैर्य्य से काम लेना, संयम से काम लेना [We begged him to ~]; **~ance** *n* 1 परहेज़, बचना [forbearance from, of, sth], 2 सहनशीलता, सहिष्णुता, धैर्य्य, संयम [The boss showed great forbearance in dealing with the strikers]; **~ing** *a* 1 परहेज़गार, 2 सहनशील, संयम या धैर्य्य से काम लेने वाला; **~ingly** *adv* संयम से

forbid फ़र्बिड *vt* (*pt* forbade, *or* forbad; *pp* forbidden) मना करना, मनाही करना, वर्जित करना, निषेध करना, निषिद्ध करना, रोकना, इजाज़त न देना, 2 to ~ s.o. sth किसी को किसी चीज़ की मनाही करना [I forbade him wine], to. ~ s.o. **to do** sth किसी को कोई काम करने से मना करना, 3 to ~ s.o. the place किसी को किसी जगह जाने से मना करना, My health forbids my coming मेरा स्वास्थ्य आने की इजाज़त नहीं देता, 5 **God forbid** (that...) ईश्वर न करे (कि···)

forbidden फ़र्बिडन *a* निषिद्ध, वर्जित, **~ fruit** वर्जित होने के कारण अभिलषित वस्तु, अभिलषित किन्तु वर्जित वस्तु

forbidding फ़र्बिडिङ्ग *a* 1 विकराल, डरावना [~ appearance], 2 ख़राब, ख़तरनाक [~ weather, coast, etc]

force फ़ॉर्स *n* 1 बल, शक्ति, ज़ोर, ताकत, 2 सैनिक शक्ति, सेना, (in *pl*) **armed forces** (see armed), land and sea ~s थल सेना और नौ सेना, 3 **the police ~** पुलिस, पुलिस दल, 4 (कोई संगठित) दल, **labour ~** श्रमिक दल; **to join ~s (with)** (से) मिल-जुल कर काम करना, 5 ज़बरदस्ती, दबाव, बाध्यता, **by ~** दबाव डाल कर, ज़ोर-ज़बरदस्ती से; **by ~ of** habit अभ्यास वश, by force of circumstances परिस्थिति-वश, परिस्थितियों से बाध्य हो कर, 6 कायल करने या मनवाने का गुण [There is no ~ in your argument], 7 वैधता, वैध होना; लागू होना [**to be in ~, to come into ~**], **to put in ~** लागू करना, 8 **~ of gravity** गुरुत्वाकर्षण(-शक्ति), 9 व्यक्ति जिस में समाज का नेतृत्व करने या कुछ कर दिखाने की शक्ति हो, ज़बरदस्त हस्ती [Gandhiji was a ~ in the world], 10 (*mil*) **in force** बड़ी संख्या में, (of law, rule, etc.) लागू (also see 7 above)

force^2 *vt* 1 बल-प्रयोग करना, ज़बरदस्ती करना, 2 बाध्य या विवश या मजबूर करना [to ~ s.o. **to do, into doing,** sth], **3 to ~** s.o.'s **hand** किसी को (समय से पहले या इच्छा के प्रतिकूल कार्यवाही करने को) विवश करना, किसी से कोई काम ज़बरदस्ती करवाना, 4 ज़ोर लगा कर ताला या दरवाज़ा खोलना या तोड़ना, **5 to ~ one's way** ज़ोर लगा कर आगे बढ़ना या रास्ता बनाना, to ~ one's way into a house मकान में ज़बरदस्ती घुसना, **6 to ~ the pace** (स्वयं तेज़ दौड़ कर) प्रतिपक्षी को तेज़ दौड़ने पर मजबूर करना (जिससे कि वह जल्दी थक जाये), **7 to ~** a smile कोशिश कर के हँसना, 8 खींच-तान करके (शब्दों का) अर्थ निकालना, 9 कृत्रिम ढंग से (पौधे में) समय से पूर्व परिपक्वता लाना, 10 **~-land** *vt & i* विवश हो कर विमान को उतारना (also see foll)

forced फ़ॉर्स्ट *a* ज़बरदस्ती करवाया गया या विवश हो कर किया गया [काम], ज़बरदस्ती का, **~ labour** बेगार, (*mil*) **~ march** तेज़ से तेज़ कूच; **~ landing** (इंजन की ख़राबी के कारण) विमान को विवश हो कर उतारना

forceful *a* प्रबल, ज़बरदस्त, ज़ोरदार, प्रभावशाली, ~ personality ज़बरदस्त हस्ती, प्रभावशाली व्यक्ति, ~ speech प्रभावशाली भाषण, ओजस्वी वक्तृता

forceps फ़ॉर्सेप्स *n* (*pl* same) चिमटी

forcible फ़ॉर्सिबल *a* 1 बल-प्रयोग द्वारा या बलपूर्वक किया हुआ, ज़बरदस्ती का [~ entry, occupation, ejection], 2 (of acts, words, style, etc) ज़बरदस्त, ज़ोरदार, प्रबल, प्रभावशाली, ओजस्वी, कायल करने वाला [cf. forceful]; **forcibly** *adv* 1 बलपूर्वक, ज़बरदस्ती, 2 प्रभावशाली

ढंग से

ford फ़ॉर्ड *n* & *vt* (नदी आदि का) छिछले पानी का स्थल जिसे चल कर पार किया जा सके, घाट, पांभ्क, पांज; *vt* (नदी को) चल कर पार करना; ~**able** *a* जिसे चल कर पार किया जा सके, पारणीय, सुगाध

fore^1 फ़ॉर *a* & *n* आगे का, अगला (*opp* hind, back, aft); *n* अग्रभाग, अगला हिस्सा, जहाज़ का आगा या माथा, **to the** ~ आगे-आगे, उपस्थित, उपलब्ध, तैयार, **to come to the** ~ आगे-आगे रहना, अग्रणी होना, प्रतिष्ठा पाना

fore^2 *adv* आगे; **fore and aft** जहाज़ के अगले और पिछले भाग में, सारे जहाज में, जहाज की लंबाई के रुख़

forearm फ़ॉर्-आर्म *n* & *vt* 1 (बांह का) कोहनी से ले कर कलाई या उंगलियो तक का भाग, भुजाग्र, प्रकोष्ठ, 2 पंख का अगला भाग; *vt* पहले से शस्त्रास्त्र से सुसज्जित कर देना, *fig* तैयार कर देना [Forewarned is ~ed]

forebode फ़ॉर्बोड *vt* 1 (of thg) पूर्व सूचना देना, लक्षण होना [These dark clouds ~ heavy rain], (अमंगल का) सूचक होना, (अमंगल की) पूर्व सूचना देना, 2 (of person) पहले से जान लेना, (व्यक्ति को संकट आदि का) पूर्वाभास या पूर्वज्ञान होना; **foreboding** *n* शकुन, पूर्व सूचना, पूर्वाभास, पूर्वज्ञान (वि॰ अनिष्ट या आपत्ति का)

forecast फ़ॉर्कास्ट *n* & *vt* (~ *or* ~ed), पूर्वानुमान, भविष्यवाणी [the weather ~]; *vt* पूर्वानुमान करना, भविष्यवाणी करना

forecastle फ़ोक्सल *n* (in merchant vessel) जहाज़ के अग्रभाग में मल्लाहों के रहने का कमरा, नाविक-कक्ष

foreclose फ़ॉर्क्लोज़ *vt* & *i* 1 उपभोग के अधिकार से वंचित करना, वर्जित करना, 2 *law* ऋण न चुकाने पर ऋणी को बंधक छुड़ाने के अधिकार से वंचित करना; **to** ~ **the mortgage** बंधक रखी हुई चीज़ को ज़ब्त कर लेना, 3 रोक देना, 4 (तर्क या प्रश्न को पहले से जान कर उसका) उत्तर दे देना, निपटा देना; **foreclosure** फ़ॉर्क्लोश्ज़र *n* (बंधक रखी हुई चीज़ की) ज़ब्ती, छुड़ाने पर प्रतिबन्ध, मोचन-निषेध

forecourt फ़ॉर्कोर्ट *n* (मकान के) आगे का या बाहर का आंगन, बाहरी आंगन

forefather फ़ॉर्फ़ादर *n* ~s पूर्वज, पुरखे, पूर्व-पुरुष, बाप-दादा

forefinger फ़ॉर्फ़िङ्गर *n* तर्जनी (उंगली) (see finger)

forefoot फ़ॉर्फ़ुट *n* चौपाये का अगला पैर

forefront फ़ॉर् फ्रन्ट *n* सब से आगे का भाग, अगली पंक्ति, (सेना का) अगला दस्ता, हरावल, नासीर, **to be in the** ~ आगे-आगे होना या रहना

foregather=forgather

forego^1 फ़ॉर्गो=forgo

forego^2 *vt* & *i*(rare except in derivatives) पूर्ववर्ती होना; **foregoer** *n* पूर्ववर्ती (अधिकारी); **foregoing** *a* 1 पूर्वगामी, पूर्ववर्ती, 2 पूर्वोक्त, उपर्युक्त; **foregone** *a*, **foregone conclusion** (1) परिणाम जो पहले ही सोचा जा सकता हो, पूर्वानुमित या पूर्वतर्कित परिणाम, (2) प्रमाण आदि प्रस्तुत होने से पहले ही किया हुआ निर्णय, पूर्वकृत निर्णय

foreground फ़ॉर्ग्राउन्ड *n* 1 चित्र में दृश्य का वह भाग जो द्रष्टा के निकटतम होता है, अग्रभूमि, 2 (*fig*) प्रमुख स्थान [to keep oneself in the ~]

forehand फ़ॉर्हैन्ड *n* & *a* 1 घोड़े का सवार के आगे का भाग (मुंह, गरदन तथा आगे का धड़); *a* (*Tennis*) ~ stroke सीधे हाथ का वार (opp. backhanded)

forehead फ़ॉर्हेॅड *n* मस्तक, माथा, ललाट, भाल

foreign फ़ॉरिन *a* 1 दूसरे का, पराया, बाहर का, बाहरी, बाह्य, ~ **to** sth किसी चीज़ से मेल न खाता हुआ, बेमेल, असंबंधित, अस्वाभाविक, 2 *med* ~ **body** *or* **substance** बाहरी वस्तु या चीज़, a ~ body in the eye आंख में पड़ा धूलिकण आदि, 3 विदेशी, वैदेशिक, परराष्ट्रीय; ~ affairs विदेशी मामले; ~ countries, ~ parts दूसरे देश, विदेश: **foreign exchange** विदेशी मुद्रा; ~ goods विदेशी माल; **foreign office** (इंग्लैंड का) विदेश मन्त्रालय, ~ **secretary** (i) (इंग्लैंड का) विदेश-मन्त्री, (ii) (भारत का) विदेश-सचिव; ~ trade दूसरे देशों के साथ व्यापार, विदेश-व्यापार

foreigner फ़ॉरिनर *n* 1 विदेशी, परदेसी, अजनबी, 2 विदेशी चीज़; विदेशी पशु

forejudge फ़ॉर्जज *vt* (बयान सुनने से) पहले ही निर्णय कर देना, पूर्वनिर्णय करना

foreknow फ़ॉर्-नो *vt* पहले से जान लेना, पूर्वज्ञान होना, पूर्वाभास होना; **foreknowledge** *n* पूर्वज्ञान, पूर्वबोध, पूर्वाभास, भविष्य ज्ञान

foreland फ़ॉर्लैन्ड *n* 1 समुद्र में दूर तक गया हुआ स्थल प्रदेश, अन्तरीप, रास, 2 खड़ी चट्टान, 3 किसी चीज़ के आगे की भूमि, अग्रभूमि

foreleg फ़ॉर्लेॅग *n* (पशु की) अगली टांग

forelock फ़ॉर्लॉक *n* माथे पर के या आगे के बाल; **to take time by the** ~ अवसर को हाथ से न जाने देना, अवसर न खोना, अवसर न चूकना

foreman फ़ॉर्मैन *n* 1 ज्यूरी का अध्यक्ष, 2 (कारखाने के) कर्मचारियों या कारीगरों का मुखिया (जो दूसरों की निगरानी करता है), फ़ोरमैन

foremast फ़ॉर्मास्ट *n* (जहाज़ का) आगे का निचला मस्तूल

foremost फ़ॉर्मोस्ट *a* & *adv* सब से आगे का, अग्रतम, पहला, प्रमुख, प्रधान, सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम; *adv* सब से आगे, सब से पहले, प्रथमतः, **first and** ~ सब से पहली बात यह है कि

forenoon फ़ॉर्नून *n* पूर्वाह्न, सवेरा

forensic फ़रें न्सिक *a* अदालती, अदालत (की बहस) में काम आने वाला [~skill]; ~ **medicine** अदालती काम में उपयोगी चिकित्सा विज्ञान (*e.g.* in a case of murder by poisoning)

foreordain फ़ॉर्-ऑर्डेन *vt* पहले से नियत या निर्धारित करना, पहले से विहित करना, in *pass* भाग्य में लिखा होना; **foreordination** *n* पूर्वनियतता, पूर्व-विधान

forerun फ़ॉर्रन *vt* (किसी से) पहले आना, (किसी का) पूर्वगामी होना, अग्रदूत होना; पूर्वसूचक होना; **forerunner** *n* पहले आने वाला, आगे-आगे चलने वाला, अग्रदूत, पूर्वगामी; पूर्व सूचना, निशानी [Cukoos are the ~ners of spring]

foresee फ़ॉर्सी *vt* पहले से जान लेना, पूर्वज्ञान होना, भांप लेना; दूरदर्शी होना, दूरदर्शिता से काम लेना, **~able** *a* पूर्वज्ञेय **~ing** *a* दूरदर्शी, दूरदर्शिता से काम लेने वाला

foreshadow फ़ॉर्-शैडो *vt* (भावी घटना का) पूर्वसूचक होना, संकेत देना या करना, झलक दिखाना, पहले से नमूना पेश करना [to ~ an event]

foreshore -शोर *n* ज्वार के पहुंचने की दूरतम और निकटतम सीमा के बीच की तटभूमि, तटाग्र, अग्रतट

foresight -साइट *n* 1 दूरदर्शिता, समझदारी, 2 (बन्दूक की) मक्खी

forest फ़ॉरिस्ट *n* & *vt* 1 जंगल, वन, अरण्य, कानन, विपिन, 2 (*fig*) घना समुदाय, जंगल [a ~ of masts], 3 *comb*: ~-fire जंगल की आग, दावानल, ~**-product** वन की उपज; ~**-tree** जंगल में उगाने योग्य बड़ा पेड़, वन-वृक्ष; *vt* (किसी इलाके में) पेड़ लगाना, जंगल लगाना; **~ation** वनरोपण, वनसंवर्धन

forestall फ़ॉर्स्टॉल *vt* 1 to ~ an event (आशंकित) घटना की पहले से ही रोकथाम कर लेना, की पेशबन्दी करना, 2 to ~ s.o. किसी की चाल को पहले से जान कर विफल कर देना, 3 to ~ a competitor कोई काम प्रतियोगी से पहले कर लेना; **~ment** *n* पेशबन्दी

forester फ़ॉरिस्टर *n* 1 जंगल लगाने या जंगल रक्षा करने वाला अधिकारी, वनपाल, वनरक्षक, 2 जंगल में रहने वाला, वनवासी, 3 जंगल का पशु या पक्षी, वन्य प्राणी

forestry फ़ॉरिस्ट्रि *n* 1 वन-प्रदेश, 2 जंगलों का प्रबन्ध करने की विद्या, वन-विद्या

foretaste फ़ॉर्टेस्ट *vt* & *n* किसी सुखदायी या दुःखदायी बात का पहले से ही कुछ-कुछ अनुभव हो जाना, पूर्वास्वादन करना, पूर्वानुभव करना; *n* पूर्वास्वाद, पूर्वानुभव

foretell -टें ल *vt* (-told) 1 पहले से कह देना या बता देना, भविष्यवाणी करना, पेशीनगोई करना, 2 (किसी भावी घटना का) पूर्वसूचक होना, शकुन होना, संकेत होना, लक्षण होना

forethought -थॉट *n* 1 (भविष्य के लिए) पहले से किया हुआ उपाय, पूर्वोपाय, 2 दूरदर्शिता, सोच-समझ, इरादा

foretoken -टोकन *n* & *vt* (भावी घटना का) सूचक या द्योतक या लक्षण या संकेत (करना या होना), भविष्यवाणी (करना)

forewarn -वॉर्न *vt* पहले से बता देना, पहले से ख़बरदार या सावधान करना, पहले से चेताना [**Forewarned is forearmed**]

forewoman -वुमन *n* fem. of **foreman** *q.v.* 1 महिलाओं की ज्यूरी की अध्यक्षा, 2 स्त्री-कारीगरों की मुखिया

foreword -वर्ड *n* भूमिका (वि० ग्रन्थकार से भिन्न व्यक्ति द्वारा लिखी हुई), उपोद्घात, प्रस्तावना

forfeit फ़ॉरफ़िट *a* & *n* 1 (अपराध के कारण) छीनी या जब्त की गई (चीज); His life was ~ (*used as adj*), His life was the ~ (*used as noun*) उसे प्राणदण्ड मिला, उसे जान से हाथ धोने पड़े, 2 (संविदा पूरी न करने वाले को किया जाने वाला) जुर्माना, अर्थदण्ड, 3 (नियम भंग करने पर क्लब-सदस्य या खिलाड़ी को दिया जाने वाला) दण्ड

forfeit^{2} *vt* (अपराध या लापरवाही के कारण अधिकार आदि) खो देना या छिन जाना, (अधिकार से) वंचित किया जाना [to ~ a right], **to forfeit one's life** प्राणदण्ड पाना [He ~ed his life, honour, right, etc.], **forfeiture** फ़ॉर्फ़िचर *n* (माल या अधिकार का) ज़ब्त किया जाना, ज़ब्ती, समपहरण [forfeiture of one's property]

forfend फ़ॉर्फें न्ड *vt* (*arch*) न होने देना, रोकना, God forfend! ईश्वर करे ऐसा न हो !

forgather फ़ार्गैदर *vi* एकत्र या जमा होना, इकट्ठे होना, मिलना, मिलना-जुलना, समागम होना

forgave *pt* of forgive

forge^{1} फ़ॉर्ज *n* लोहार की भट्ठी, धातु गलाने की भट्ठी, लोहार का कारख़ाना

forge^{2} *vt* 1 धातु को आग में तपा कर और कूट-पीट कर आकार-विशेष देना, गढ़ना, 2 *fig* बनाना [We ~ed a lasting friendship with that country], (झूठी बात) बनाना, (झूठी कहानी) गढ़ना, 3 जाली (दस्तावेज़, हस्ताक्षर आदि) बनाना [to ~ a document, signature, etc]; **~r** जाली अभिलेख बनाने वाला, जालसाजी करने वाला, जालसाज़; **forgery** फ़ॉर्जरि *n* 1 जालसाजी, 2 जाली वस्तु, नकली चीज़, कूट रचना; The document is a **~ry** दस्तावेज़ जाली है

forge^{3} *vi* धीरे-धीरे आगे बढ़ता जाना; to ~ **ahead** निरन्तर आगे बढ़ता जाना; (दौड़ आदि में) दूसरों से आगे निकल जाना

forget फ़र्गें ट *vt* & *i* (-got, -gotten) 1 भूलना, भूल जाना, भुला देना, बिसराना, ख़याल न रहना, ध्यान न रहना, छोड़ देना, छोड़ जाना [to ~ sth, to ~ to do sth; *vi* to ~ about sth], 2 to **~ oneself** ऐसी बात करना जो अपने को शोभा न

देती हो, अशिष्ट आचरण करना; अपने हितों का ख़्याल न रखना, **F~ about it!** (*colloq*) इस बात को दिल से निकाल दो, इस का ख़्याल छोड़ दो, इसके लिए धन्यवाद या क्षमा-याचना की ज़रूरत नहीं है, 3 **~-me-not** *n* एक प्रकार का फूल

forgetful *a* भूल जाने वाला, विस्मरणशील, भुलक्कड़; **~ness** *n* 1 भूलने का स्वभाव, विस्मरणशीलता, 2 विस्मरण, विस्मृति

forgivable *a* क्षमा करने योग्य, क्षम्य

forgive फ़र्गिव *vt* (-gave, -given) 1 क्षमा करना, माफ़ करना, माफ़ी देना [to ~ an offence, offender, etc], 2 छोड़ देना [to ~ a debt]; to ~ s.o. a debt किसी को ऋण माफ़ कर देना या छोड़ देना; **~ness** *n* 1 क्षमा, माफ़ी, 2 (ऋण की) माफ़ी; **forgiving** *a* क्षमाशील, माफ़ कर देने वाला

forgo फ़ॉर्गो *vt* (-went, -gone) परहेज़ करना, न लेना, त्यागना, छोड़ देना, (किसी चीज़ के) बिना काम चला लेना, (किसी चीज़ के) बिना रह जाना [to ~ a privilege, right, etc]

fork^1 फ़ॉर्क *n* (मिट्टी खोदने और उठा कर फेंकने के लिए) खेती का औजार, टिंगली, पाँचा, 2 (अंग्रेज़ी ढंग से खाने का) काँटा, knife and ~ छुरी-काँटा, 3 (of tree) दुशाख, 4 (of road) दोराहा, 5 tuning fork स्वरित्र, 6 शाखित तड़ित्, विद्युल्लता

fork^2 *vi* & *t* 1 (of tree) शाख फूटना, 2 (of road) द्विशाखित होना, दो शाखाओं में विभक्त होना, दोराहा बनना, 3 फाड़ना, फटना, चीरना, चिरना, 4 *vt* टिंगली से खोदना और उठा कर फेंकना; **forked** 1 द्विशाखित, दो शाखाओं वाला, दुशाखी, 2 फटा हुआ, चिरा हुआ

forlorn फ़र्लॉर्न *a* 1 निराश, हताश, शोकमग्न, उदास, दुर्दशाग्रस्त, 2 परित्यक्त, असहाय, 3 *poet* वंचित, रहित, a city ~ of life सुनसान नगर; **forlorn hope** 1 व्यर्थ आशा, दुराशा, 2 काम या उपक्रम जिसके पूरा होने की आशा न हो; दुस्साध्य कार्य

form^1 फ़ॉर्म *n* 1 रूप, आकार, आकृति, **in** *or* **under the ~ of** के रूप में; **to take the ~ of** का रूप ग्रहण या धारण करना, 2 पशु या मनुष्य की शक्ल, आकृति [I saw a ~ in the distance], 3 गठन, बनावट, रचना, 4 **form and substance** (i) रूप और वस्तु, रूप और वास्तविकता, (ii) शब्द और अर्थ, 5 प्रथा, रीति, रिवाज, परिपाटी, ढंग, तरीका, विधि, **in due ~** रिवाज या कायदे के मुताबिक, नियमानुसार, यथाविधि, 6 रिवाज के अनुसार आचरण, ठीक आचरण, सभ्याचार, शिष्टाचार, It is not good ~; it is bad ~ यह रिवाज के प्रतिकूल है, ऐसा नहीं होता, 7 (*gram*) (शब्द, वाक्य का) रूप, बनावट, रचना, 8 (अभिलेख, आवेदनपत्र आदि का) बना-बनाया ढांचा, फ़ार्म, फ़ारम, to fill in, up, a form फ़ार्म या फ़ारम भरना, 9 कक्षा, श्रेणी, दर्जा, 10 (of horse, athlete etc.) स्वास्थ्य, चुस्ती, **to be in ~, out of ~** स्वस्थ या चुस्त होना; शिथिल या ढीला-ढाला होना, 11 (of person) स्वस्थ या चुस्त या प्रसन्नचित्त होना, उत्साहभरा होना, खूब मज़ाक करना [He was in great ~ at the dinner party]; **formless** *a* जिसका कोई निश्चित या स्थायी आकार न हो, आकारहीन, स्वरूपहीन, निराकार

form^2 *vt* & *i* 1 बनाना, रचना, गढ़ना, ढालना, कोई रूप या आकार देना, 2 बनना, ढलना, रूप या आकार ग्रहण करना या धारण करना [Ice ~s at the temperature of 0° C], ठोस बनना या होना, 3 प्रशिक्षित करना, ढालना, संस्कार डालना, to ~ a child's mind शिशु के मन पर संस्कार डालना, मन का विकास करना, 4 (कम्पनी, संस्था, समिति आदि) स्थापित करना या बनाना [They ~ed themselves into a company, committee, etc], 5 (योजना आदि) बनाना [to ~ a plan], 6 (शब्द का) उच्चारण करना [to ~ a word], 7 (*gram*) (विभक्ति, प्रत्यय आदि लगा कर) शब्द (के विभिन्न रूप) बनाना, 8 **to ~ part of sth** किसी चीज़ का अंग होना, किसी चीज़ के अन्तर्गत होना, 9 *mil* विशेष सैनिक विन्यास में खड़े होना [to ~ **(into)** a line, square, column, etc]

formal फ़ॉर्मल *a* 1 रूप या आकार से संबंधित, आकारनिष्ठ, रचना या बनावट (न कि तत्त्व) से संबंधित, ऊपरी, बाह्य [a ~ resemblance between two things], 2 *log* (तर्कवाक्य के) आकार (न कि विषय) से संबंधित, आकारगत, आकारिक, 3 स्पष्ट और निश्चित, सुव्यक्त, लिखित (न कि ज़बानी) [a ~ invitation, protest, warning, etc], 4 नियमानुसार, विधि-अनुसार, यथाविधि, विधिवत् [a ~ contract, inquiry, motion; treaty; ~ talks between the two delegations], 5 औपचारिक, रिवाजी, जो विशेष उद्देश्य से रहित तथा केवल रस्म पूरी करने के लिए हो, रस्मी [**a ~ occasion, call, visit, etc**], 6 विधि या रीति का यथार्थ पालन करने वाला, रीतिनिष्ठ [a ~ person], 7 *philos* पदार्थ के सार या तत्त्व से संबंधित, तात्त्विक; **~ly** *adv* 1 नियमानुसार, यथाविधि, विधिवत्, 2 औपचारिक रूप से

formalism फ़ॉर्मलिज़्म *n* (वि० धार्मिक या सामाजिक अनुष्ठानों में) रीति या विधि का यथार्थ पालन, रीतिनिष्ठा, रीति का बंधन; **formalist** *n* रीति का यथार्थ पालन करने वाला, रीति-निष्ठ, रीतिवादी

formality फ़ार्मैलिटि *n* 1 नियम, कायदा, विधि [We have complied with all the formalities], 2 नियम या विधि या रीति का पालन, 3 रस्म, रिवाज; रिवाज के अनुकूल आचरण, उपचार, औपचारिकता; It is a mere ~ यह उपचार-मात्र है

formalization *n* (see foll) विधि का अनुसरण

formalize फ़ॉर्मलाइज़ *vt* 1 निश्चित रूप देना, कानूनी शक्ल देना, विधिसम्मत बनाना [to ~ an agreement], 2 रीति या रिवाज के अनुसार बनाना

format फ़ॉर्मैट *n* (पुस्तक का) आकार, ग्रन्थाकार; विन्यास-शैली

formation फ़ॉर्मेशन 1 बनना, गठन, रचना, तैयारी, 2 बनावट, रचना, आकार, 3 सैनिक विन्यास, व्यूह [in battle ~]; **aircraft flying in ~** व्यूह बना कर उड़ते हुए विमान, close ~ निविड़ व्यूह (जिसमें सैनिक, विमान आदि बहुत पास-पास हों) 4 *geol* धरती की परतों की शृंखला; शैल-समूह, शिलासमूह

formative फ़ॉर्मटिव *a* 1 निर्माण करने वाला, ढालने वाला, विकास करने वाला, निर्माणात्मक [the ~ influences], 2 निर्माण का, निर्माण-संबंधी, विकास का, विकास-संबंधी, संस्कार ग्रहण का, संस्कार ग्रहण-संबंधी; ~ **period** संस्कारग्रहण का समय, विकास-काल, निर्माण-काल, ~ **stage** निर्माण-अवस्था

former फ़ॉर्मर *a* & *pron* 1 पहला, पहले का, पुराना, अगला, अतीत; in ~ times पहले या पुराने ज़माने में, अतीत काल में, अतीत में, 2 भूतपूर्व [our ~ principal], 3 दो में से पहला, पूर्वकथित, पूर्वोक्त [I prefer the ~ course to the latter]; ~**ly** *adv* पहले, पहले ज़माने में, अतीत में

formic फ़ॉर्मिक *a* ~ **acid** एक प्रकार का अम्ल या तेज़ाब जो चींटियों के शरीर से निकलने वाले द्रव में होता है, फ़ार्मिक अम्ल

formidable फ़ॉर्मिड-बल *a* 1 डरावना, भीषण, भयंकर [a person with a ~ appearance], 2 विकट, दुष्कर, अति कठिन [~ task], 3 जिस से निपटना कठिन हो, प्रबल, दुर्जेय, ज़बरदस्त [~ adversary]

formula फ़ॉर्म्युल: *n* (*pl* -**ae**, -**as**) 1 (सामाजिक तथा अन्य अवसरों पर प्रयोग के लिये) विहित वाक्य, सूत्र (*e.g.* 'How d'you do ?], 2 (किसी काम की प्रथागत) विधि, रीति, ढंग, 3 ओषध के घटक तथा बनाने की विधि, नुस्खा [a ~ for a cough mixture], 4 *math*, *chem* फ़ारमूला, 5 मतभेद सुलझाने की युक्ति, समझौते का गुर [Diplomats seeking a ~]

formulary फ़ॉर्म्युलरि *n* & *a* सूत्र-संकलन, सूत्र संहिता, नियमावली; *a* सूत्र-संबंधी. नियमसंबंधी, सूत्र-रूप में

formulate फ़ॉर्म्युलेट *vt* 1 सूत्रबद्ध करना, 2 निश्चित और व्यवस्थित रूप देना, स्पष्ट शब्दों में लिखना या व्यक्त करना [to ~ one's ideas on a subject], 3 बनाना [to ~ a scheme]; **formulation** *n* सूत्रीकरण, प्रतिपादन, निरूपण

fornicate फ़ार्निकेट *vi* अविवाहित स्त्री-पुरुष का परस्पर संभोग करना; व्यभिचार करना; **fornication** *n* व्यभिचार, **fornicator** *n* व्यभिचारी, व्यभिचारिणी

forsake फ़र्सेक *vt* (-**sook**, -**saken**) छोड़ देना, त्याग देना, त्याग या परित्याग करना; **His self-confidence forsook him** उसका आत्मविश्वास जाता रहा, 2 किसी का साथ छोड़ देना, दोस्ती छोड़ देना [to ~ s.o.]

forsooth फ़र्सूथ *adv* (*arch*, *iron*) सचमुच, वस्तुतः, निःस्सन्देह

forswear फ़ॉर्स्वेंअर *vt* (-swore, -sworn) 1 (मत, विचार, विश्वास, पक्ष, अधिकार, दावा, आदत आदि) शपथपूर्वक त्याग देना, छोड़ने की शपथ लेना, 2 **to ~ oneself** किसी बात को झूठ जानते हुए भी शपथ खा कर कहना कि वह सच है, झूठी गवाही देना, झूठी शपथ खाना

fort फ़ॉर्ट *n* किला, दुर्ग, गढ़, **to hold the ~** (i) कुछ देर के लिए स्थानापन्न के रूप में काम करना, (ii) (आकस्मिक संकट की) स्थिति को संभाल पाना

forte फ़ॉर्ट *n* (व्यक्ति का) विशेष गुण, विशेषता, कला या काम जिसमें व्यक्ति बहुत प्रवीण हो (singing is her ~]

forth फ़ॉर्थ *adv* आगे, सामने, सम्मुख, बाहर, **back and forth** (=to and fro) आगे-पीछे, इधर से उधर और उधर से इधर; **to go ~** सैर को निकलना, यात्रा पर निकलना, निकल पड़ना; **from this time forth; henceforth** आगे से, भविष्य में, इसके बाद, **and so ~** और इसी प्रकार की अन्य चीज़ें या बातें, आदि-आदि, इत्यादि, वग़ैरा-वग़ैरा

forthcoming -कमिङ्ग *a* 1 आने वाला, होने वाला भावी, आगामी, अगला [the ~ session], 2 (आवश्यकता पड़ने पर) प्राप्त होने वाला, सुलभ [Donations are ~; no reply was ~], 3 (of person) मदद करने या उत्तर देने को तैयार [The P.R.O. was not very ~]

forthright -राइट *a* & *adv* 1 सीधा, 2 स्पष्ट, साफ़, खरा, दो टूक [~ **views**], 3 खरी-खरी कहने वाला, मुंहफट, बेलाग, न झिझकने वाला [**a ~ person**]; *adv* सीधे, स्पष्टतः, साफ़-साफ़

forthwith विद *adv* तुरन्त, तत्क्षण, तत्काल, फौरन, अविलम्ब

fortification फ़ॉर्टिफ़िकेशन *n* 1 किलाबन्दी, गढ़बन्दी, मोर्चाबन्दी, 2 मोर्चेबन्दी की कला या विद्या, 3 (in *pl*) रक्षा के साधन (जिनमें दीवारें, पुश्ते, बुर्ज आदि शामिल हैं)

fortify फ़ॉर्टिफ़ाइ *vt* & *i* 1 दृढ़ करना, मजबूत करना, पक्का करना, बल देना, शक्ति बढ़ाना, 2 (व्यक्ति का) उत्साह बढ़ाना, नैतिक बल देना, 3 (नगर आदि की) किलेबन्दी करना, मोर्चाबन्दी करना; सुरक्षित करना, 4 (अल्कोहल मिला कर शराब को) तेज़ करना, 5 (खाद्य पदार्थ को विटामिन से) पौष्टिक बनाना; 6 *vi* मोर्चाबन्दी करना

fortitude फ़ॉर्टिट्यूड *n* दुःख और विपत्ति में हिम्मत न हारना, दिल को मज़बूत रखना, धैर्य, धृति, साहस, हिम्मत

fortnight फ़ॉर्ट्नाइट *n* 1 दो सप्ताह, (**this day** *or* **to-day** ~ दो सप्ताह बाद इसी दिन, Tuesday ~ दो सप्ताह बाद मंगल के दिन [cf week] 2 पक्ष, पखवाड़ा, dark, bright ~ कृष्ण, शुक्ल, पक्ष; ~**ly** *a* & *adv* दो सप्ताह में एक वार होने वाला, पाक्षिक; *adv* दो सप्ताह में एक वार

fortress फ़ांर्ट्रिस *n* 1 गढ़, कोट, क़िला 2 मोर्चाबन्दी से सुरक्षित नगर (जिसमें बहुत बड़ी सेना रखने की व्यवस्था हो)

fortuitism फ़ॉर्ट्यूइटिज्म *n* यह सिद्धान्त कि जीवों या प्राणियों का परिवेश-विशेष के अनुकूल बन जाना प्रकृति के किसी उद्देश्य के अनुसार नहीं प्रत्युत संयोगवश होता है, संयोगवाद

fortuitous फ़ॉर्ट्यूइटस *a* (f. prec) आकस्मिक, संयोगवश होने वाला, दैवी, दैवकृत, अपूर्वचिन्तित; ~**ly** *adv* अकस्मात्, संयोगवश, दैवयोग से; ~**ness** *n* आकस्मिकता

fortuity फ़ॉर्ट्यूइटि *n* 1 आकस्मिकता, 2 आकस्मिक घटना, दैवी घटना, दैवयोग

fortunate फ़ॉर्चनिट *a* 1 भाग्यवान्, भाग्यशाली, सौभाग्यशाली, खुशकिस्मत [you were ~ to escape unhurt], 2 धनवान्, ऐश्वर्य्यशाली, 3 शुभ, मंगल, अनुकूल; ~**ly** *adv* 1 सौभाग्य से, खुशकिस्मती से, 2 (as parenthesis) यह बड़े सौभाग्य की बात है कि

fortune फ़ॉर्चून *n* 1 भाग्य, किस्मत, दैव, विधि; सौभाग्य, खुशकिस्मती, 2 F~ भाग्यदेवी, 3 **to try one's** ~ किस्मत आजमाना, 4 धन, दौलत, संपत्ति, समृद्धि, ऐश्वर्य्य, **a man of** ~ ऐश्वर्य्यवान् या ऐश्वर्य्यशाली या धनाढ्य व्यक्ति; **to make one's** ~ फूलना-फलना, समृद्ध होना; **to make a** ~ खूब रुपया कमाना, **to come into a** ~ उत्तराधिकार में बहुत धन-संपत्ति पाना, 5 **a (small)** ~ बहुत रुपया, It cost me a (small) fortune इस पर मेरा बहुत रुपया खर्च हुआ, 6 to marry a ~ (*arch*) संपत्तिशाली स्त्री से विवाह करना, ~-**hunter** धनाढ्य स्त्री से विवाह का इच्छुक

forty फ़ॉर्टि *a* & *n* चालीस, **to have forty winks** (*colloq*) तनिक झपकी लेना (वि० दिन में खाना खाने के बाद); *n* 1 चालीस से लेकर उनचास तक की आयु या उम्र, (शताब्दी का) सन् चालीस से लेकर सन् उनचास तक का काल, 2 **the roaring forties** 40° और 50° दक्षिणी अक्षांश के बीच का अत्यन्त अशांत समुद्र

forum फ़ॉरम *n* (*Rom ant*) 1 मंडी के बीच का चौक, वि० रोम का वह मैदान जहां कचहरी लगती थी, 2 सार्वजनिक वाद-विवाद या विचार-विनिमय का स्थान, सभा, गोष्ठी; मंच, विचार व्यक्त करने का स्थान या माध्यम [Radio is a good ~ for the discussion of social problems], 3 कचहरी, अदालत

forward^1 फ़ॉर्वर्ड आगे का, सामने का, आगे जाने वाला, अग्रगामी, 2 आगे बढ़ा हुआ, उन्नत, प्रगतिशील; ~ **opinions** प्रगतिशील विचार; उग्रविचार; ~ school, party उग्र विचारों वाला वर्ग या दल, उग्रपन्थी दल, 3 *commerc* आने वाली फ़सल से संबंधित, अग्रिम, अगाऊ, ~ price वायदा-क़ीमत, ~ **contracts** अगाऊ सौदे, वायदे के सौदे; ~ trade अगाऊ सौदा, सट्टा, 4 (of plants) समय से पहले पकने वाला, अगेती, 5 उद्धत, धृष्ट, दुस्साहसी, ढीठ, तेज़; *n* (फुटवॉल, हाकी में) अगली पंक्ति का खिलाड़ी; ~**ness** *n* धृष्टता, दुस्साहस

forward^2 (oft. **forwards**) *adv* 1 आगे, आगे को, आगे की ओर, भविष्य में; from this day forward आज से (लेकर), 2 **to look forward to sth** किसी बात का शौक से इन्तज़ार करना, उत्सुकता से प्रतीक्षा करना [I'm looking forward to your visit], 3 (*crick*) **to play forward** (विकिट तक न पहुंचने वाली गेंद को) आगे बढ़कर हिट मारना, 4 **to come forward** आगे आना, (किसी काम या पद के लिए) अपने आपको पेश करना; **to go forward** प्रगति करना, 5 forward-looking प्रगतिशील

forward^3 *vt* 1 आगे बढ़ाना, मदद करना, समर्थन करना, उन्नति में सहायक होना, तरक्की देना, 2 to ~ a letter पत्र को आगे (या दूसरे के पास) भेजना, 3 (माल आदि) भिजवाना, भेजना, रवाना करना

fosse फ़ॉस *n* खोदी हुई जगह, नहर, खाई, परिखा

fossil फ़ॉसिल *a* & *n* 1 खुदाई द्वारा भूगर्भ से प्राप्त पुराकालीन वस्तु जो पत्थर बन गई हो, जीवाश्म, शिलीभूत या प्रस्तरीभूत (पदार्थ), पुराकालीन (वस्तु), 2 दकियानूसी या पुराणपन्थी (व्यक्ति)

fossilization *n* (see prec & foll) प्रस्तरीकरण

fossilize फ़ॉसिलाइज़ *vt* & *i* 1 पत्थर जैसा बनाना या बनना, प्रस्तरीभूत होना, 2 (of person) दकियानूसी विचारों का या पुराणपन्थी बनना

fossorial फ़ॉसॉरियल *a* 1 बिल या गुफ़ा बनाने वाला (जन्तु) 2 बिल बनाने में काम आने वाला, खोदने का

foster^1 फ़ॉस्टर *vt* 1 पालना-पोसना, पालन-पोषण करना [to ~ a child], 2 मन में रखना, दिल में जगह देना [to ~ an idea, a feeling], 3 बढ़ावा देना, प्रोत्साहन देना, विकास में सहायता देना [to ~ friendship between peoples]

foster^2 *a* (in *comb* only) जिसका संबंध पालन करने या पालित होने के कारण हो न कि वास्तविक; ~-**mother** (i) धात्री, धाय, दूध-पिलाई, मातृका, (ii) धर्म-माता, ~-**father** (i) पालक पिता, (ii) धर्म-पिता; ~-**child** पालित-सन्तान; ~-**brother** (i) दूध-भाई, कोका, (ii) धर्मभाई; ~-**sister** (i) दूध-बहन, कोका, (ii) धर्म बहन

fosterage फ़ॉस्टरिज *n* 1 (धात्री द्वारा) लालन-पालन, 2 धात्री रखने की प्रथा

fosterling फ़ॉस्टर्लिङ्ग *n* 1 (माता-पिता के अतिरिक्त दूसरे के द्वारा) पाला-पोसा गया बच्चा, 2 जिसका कोई (स्थायी) संरक्षक या आश्रयदाता हो, आश्रित, रक्षित व्यक्ति

fought फ़ॉट *pt* of fight

foul^1 फ़ाउल *a* & *adv* अपवित्र, दूषित, गन्दा, मैला, ख़राब, बुरा, foul thought अपवित्र या दूषित विचार, foul air, water दूषित वायु, दूषित या गन्दा जल; ~ **weather** ख़राब मोसम, foul copy काट-पीट वाली प्रति (opp. fair copy), 2 कुत्सित, घृणित, नीच [~ mctive, ~deed, e:c], 3 अश्लील [~ language,talk], ~-mouthed, ~-tongued गाली बकने वाला, 4 बदबूदार, दुर्गन्धयुक्त, गला-सड़ा [~ fish], 5 खेल के नियम-विरुद्ध [~ blow] 6 ~play (i) नियम-विरुद्ध खेल. बेईमानी का खेल, खेल में बेईमानी, (ii) धोखा, विश्वासघात, हत्या; (*adv*) **to play s.o. foul** किसी के साथ धोखा या विश्वासघात करना

foul^1 *n* 1 बेंईमानी का खेल, खेल में बेईमानी, नियम विरुद्ध खेल, 2 टक्कर

foul^2 *vt* & *i* 1 अपवित्र करना या होना, दूषित या गन्दा या गन्दला करना या हो जाना [Factory chimneys ~ the air with smoke], 2 कलुषित करना, कालिख पोतना, मलिन करना, धब्बा लगाना, बट्टा लगाना [to ~ s.o's. name or reputation], 3 to ~ (up) लंगर, रस्से आदि को) उलझाना, फंसाना; to get ~ed उलझना, फंसना, 4 (of ship) दूसरे जहाज से टकरा जाना [to ~ another ship], 5 नियम-विरुद्ध खेलना, फ़ाउल करना [to ~ an opponent]; **foul-up** *n* उलझाव, गड़बड़.

foulness *n* 1 अपवित्रता, अशुद्धता, मलिनता, गन्दगी, ख़राबी, 2 जघन्यता, नीचता, दुष्टता, 3 अश्लीलता, 4 दुर्गन्ध

foumart फ़ूमार्ट *n* यूरोप में पाई जाने वाली एक प्रकार की बिल्ली

found^1 फ़ाउन्ड *vt* 1 (नगर आदि की) नींव डालना, बुनियाद रखना, (नगर का) निर्माण करना, (कम्पनी, फ़र्म, संस्था आदि) स्थापित करना, आरंभ करना, प्रवर्तन करना, 2 आधारित करना, (in *pass*) आधारित या आश्रित होना [to be ~ed on fact]; to be ~ed in justice न्याय पर आधारित होना; 3 well-founded उचित, तर्क-संगत, न्याय्य, साधार; ill-founded अनुचित, अयुक्तियुक्त, निराधार

found^2 1 (धातु को) गलाना और ढालना, 2 (धातु की चीज) बनाना, ढालना

foundation फ़ाउन्डेशन *n* 1 (वसीयत द्वारा दान दे कर स्कूल, अस्पताल, मठ आदि संस्था को) स्थायी आधार पर स्थापित करना, (धर्मादा की) स्थापना, धर्मादा, वक्फ़, (फ़र्म, कम्पनी आदि की) स्थापना, 2 (इमारत की) नींव, बुनियाद, 3 आधार, मूल; the report has no ~ समाचार निराधार है, 4 आधारभूत सिद्धान्त, मूल सिद्धान्त [the ~s of modern society], 5 तला; ~ muslin झीने कपड़े को तनिक कड़ा बनाने के लिए नीचे लगाई जाने वाली मलमल आदि, 6 ~**-stone** आधार-शिला, नींव का पत्थर

founder^1 फ़ाउन्डर *n* संस्थापक, प्रवर्तक; ~-member संस्थापक सदस्य

founder^2 *n* ढलाई (का काम) करने वाला, ढलैया

founder^3 *vi* & *t* 1 (of earth) धंस जाना, दब जाना, बैठ जाना, (of building) गिर जाना, ढह जाना, 2 (of horse, rider) थक कर गिर पड़ना, धड़ाम से गिर पड़ना, दलदल में धंस जाना, 3 (of ship) डूब जाना, गर्क होना, 4 रसातल में जाना, नष्ट होना, 5 (of plan) असफल होना, टाँय-टाँय फिस होना, *vt* 6 (घोड़े को) थका डालना; (जहाज को) डुबाना

foundling फ़ाउन्ड्लिङ्ग *n* त्यक्तशिशु (जो किसी को कहीं से मिला हो), ~ home त्यक्तशिशु-सदन

foundry फ़ाउन्ड्रि *n* ढलाईघर, ढलाई का कारख़ाना

fount^1 फ़ाउन्ट *n* 1 (*poet* or *rhet*) चश्मा, सोता, 2 (लैम्प की) तैलधानी; (अंग्रेज़ी कलम की) मसीधानी (also see fountain, 3)

fount^2 = font^2

fountain फ़ाउन्-टिन *n* 1 चश्मा, (नदी का) स्रोत, उद्गम, 2 फ़ौवारा, फुहारा, जल यन्त्र, 3 (लैम्प में) तेल भरने का डब्बा, (अंग्रेज़ी कलम में) स्याही भरने की नली, 4 ~**-head** मूलस्रोत, आदि स्रोत, मूल कारण, आदि कारण, ~**-pen** अंग्रेज़ी कलम

four फ़ॉर् *a* & *n* 1 चार; from, to, the ~ corners of the earth दिग्-दिगन्त से, दिग् दिगन्त तक; दूर-दूर (के देशों) से, दूर-दूर (के देशों) तक, 2 four figures १००० से ९९९९ तक की कोई संख्या, (*as attrib*). ~-figure income); 3 four o'clock चार बजे, 4 ~**-pounder** चार पाउण्ड का गोला फेंकने की तोप, ~**-wheel** *a* जिसमें चारों पहिये एक-साथ चलें [~-wheel drive] ~**-wheeler** चौपहिया गाड़ी; *n* 1 (चार (की संख्या), 2 चार चीजों का समूह, चार व्यक्तियों की टोली या मंडली; **चौकड़ी** [the gang of ~] 3 **on all fours** (i) हाथ और घुटनों के बल (रेंगता हुआ), (ii) सर्वथा सदृश. सर्वाङ्गसम, **to be on all fours (with)** सर्वथा समान या सदृश होना, बिल्कुल एक-जैसा होना [The two cases are not on all ~s; your case is **not on all ~s with** mine]

fourfold *a* & *adv* चारगुना, चौगुना, चौहरा, **fourscore** *a* (*arch*) अस्सी, चार कोड़ी **foursome** *n* दो जोड़ों के बीच खेला जाने वाला गाल्फ़ का खेल

fourteen फ़ॉर्टीन *a* चौदह, ~**th** *a* & *n* चौदहवां

n चौदहवां भाग

fourth फ़ॉर्थ *a* & *n* चौथा, चतुर्थ, *n* चौथाई भाग, चतुर्थ भाग या अंश

fowl फ़ाउल *n* 1 (*arch*) पक्षी, **wild** ~ जंगली पक्षी, 2 पालतू मुर्गा या मुर्गी, 3 मुर्गे-मुर्गी आदि का मांस; ~**er** *n* जंगली पक्षियों का शिकार करने वाला, चिड़ीमार, बहेलिया; ~**ing** *n* जंगली पक्षियों का शिकार·

fox^1 फ़ॉक्स *n* (*fem* vixen) 1 लोमड़ी, 2 *fig* धूर्त या चालाक या कांइयां आदमी, 3 ~**-hunt** *n* & *vi* कुत्तों की मदद से लोमड़ी का शिकार (करना); ~-tail एक प्रकार की घास; ~**trot** *n* & *vi* छोटे किन्तु द्रुत पगों से नृत्य (करना)

fox^2 *vi* & *t* 1 चालाकी करना, धोखा देना, छल करना, ढोंग या पाखंड करना, 2 (पुस्तक के पन्नों, चित्र आदि पर) धब्बे डालना, रंग बिगाड़ना

foxy फ़ॉक्सि *a* 1 चालाक, धूर्त, कांइयां, 2 (of complexion, hair) लाल-भूरा, 3 फफूंदी लगने से विकृत

foyer F फ़्वाइये *n* 1 (थियेटर या सिनेमा-घर में खाली समय में दर्शकों के इस्तेमाल के लिये बना) आंगन, डयोढ़ी, 2 (होटल में) प्रवेश-हाल, प्रवेशशाला

fracas F फ़्रैका *n* (*pl same* फ़्रैकाज़) कोलाहल सहित उपद्रव, दंगा, हुल्लड़

fraction फ़्रैक्शन *n* 1 (*arith*) भिन्न, **vulgar** ~ साधारण भिन्न, 2 बहुत ही थोड़ा अंश, कण, लव, लेश, अणु; not a ~ लेशमात्र भी नहीं, अणुमात्र भी नहीं; ~**al** *a* अंशरूप, अंशमात्र, अंशात्मक, आंशिक, खडात्मक, किंचिन्मात्र, थोड़ा-सा

fractious फ़्रैक्शस *a* 1 टेढ़ा, बदमिज़ाज, चिड़चिड़ा, 2 (of horse) अदम्य, बेक़ाबू, 3 (of baby) रूं-रूं करने वाला, रिरियाने वाला

fracture फ़्रैक्चर *n* & *vt* & *i* 1 भंग, टूट, दरार 2 हड्डी का टूट जाना, अस्थिभंग, compound ~ (seecompound *a*), *vt* & *i* (हड्डी) तोड़ना, टूटना; दरार डालना, दरार पड़ना

fragile फ़्रैजाइल *a* 1 जल्दी टूट जाने वाला, भंगुर, भिदुर, भुरभुरा, 2 (of person) दुर्बल, नाज़ुक, कमज़ोर; **fragility** फ़्रैजिलिटि *n* 1 भंगुरता, भिदुरता भुरभुरापन, 2 (of person, health) दुर्बलता, कमज़ोरी

fragment फ़्रैग्मन्ट *n* 1 (टूट कर अलग हुआ) भाग, टुकड़ा [~s of the shell], 2 (विलुप्त या नष्ट वस्तु का) अवशेष, (वि० ग्रन्थ या कलाकृति का उपलब्ध) अपूर्ण भाग, अंश, खण्ड [a ~ of the statue, manuscript, etc.]; ~**ary** *a* 1 टुकड़ों का बना हुआ, टुकड़े-टुकड़े; खण्डात्मक, 2 अपूर्ण [a fragmentary report of the event], 3 असंबद्ध; **fragmentation** *n* टुकड़ों में बँटना या विभाजित होना, टुकड़े-टुकड़े होना, खण्ड-खण्ड होना, बिखण्डन, ~**ation bomb** फटने पर टुकड़े-टुकड़े हो जाने वाला बम; विखण्डनशील बम

fragrance फ़्रेग्रन्स *n* सुगन्ध, सुगंधि, सुवास, खुशबू, सौरभ

fragrant फ़्रेग्रन्ट *a* सुगंधित, खुशबूदार, सुवासित

frail फ़्रेल *a* 1 जल्दी टूटने वाला, भंगुर, 2 (of person, health) दुर्बल, कमज़ोर, नाज़ुक; जिसमें मानसिक बल या चरित्र बल न हो, आचारहीन

frailty फ़्रेल्टि *n* दुर्बलता; चरित्र की दुर्बलता, दोष, चरित्रदोष, आचारहीनता

frame^1 फ़्रेम *vt* & *i* 1 (विचारों को) ढालना, निश्चित ढंग का बनाना, गढ़ना, 2 *vi* He is framing well उसमें काम करने की योग्यता या कुशलता आती जा रही है, 3 *vt* (हिस्सों को जोड़ कर कोई चीज़) बनाना, रचना, 4 (योजना, नियम, कथानक, सिद्धान्त) बनाना, रचना, गढ़ना, प्रतिपादित करना [to ~ a plan, rule, story, theory], 5 to ~ a plot षड्यन्त्र रचना, 6 to ~ **charges** आरोप निर्धारित करना या तैयार करना, आरोप लगाना, 7 (शब्द का) उच्चारण करना, 8 (चित्र को) चौखटे में जड़ना, चौखटा लगाना

frame^2 *n* 1 (चित्र, खिड़की आदि का) चौखटा, फ़्रेम, 2 ढांचा, गठन, बनावट, रचना [~ of a building, society, government], 3 शरीर, देह, काया, पंजर, a man of gigantic ~ विशालकाय मनुष्य, 4 **frame of mind** मनोदशा, मानसिक अवस्था, in a happy ~ of mind प्रसन्नचित्त

framework *n* ढांचा, रूप-रेखा, गठन, **within the ~ of the constitution** संविधान (की व्यवस्था) के अनुरूप

franc फ़्रैङ्क *n* फ्रांस, बेल्जियम आदि का सिक्का

franchise फ़्रैन्चाइज़ *n* 1 (संसद् के चुनाव में) वोट देने का हक़, मताधिकार, 2 किसी कम्पनी का क्षेत्र-विशेष में माल बेचने का अधिकार, विशेष विक्रय-अधिकार

Franciscan फ़्रैन्सिस्कन *a* & *n* सेंट फ्रांसिस द्वारा (१२०९ में) प्रवर्तित साधु-संप्रदाय का (सदस्य), फ़्रांसिस्की

Frank^1 फ़्रैंक *n* 1 जर्मनी की एक जाति जिसने छठी शताब्दी में फ्रांस पर अधिकार कर लिया था (जिसके बाद उस देश का नाम गालिया—Gallia—से बदल कर फ्रांस हो गया), 2 फ़िरंगी, यूरोपियन

frank^2 *a* 1 सरल-स्वभाव, सीधा-सादा, निष्कपट [a ~ person]; भोला-भाला [a ~ face], 2 स्पष्ट, साफ़, खरा-खरा [a ~ opinion]; स्पष्टवादी, साफ़-साफ़ कहने वाला [a ~ person]; ~**ly** *adv* साफ़-साफ़ [to tell you ~]; सचमुच; यह मेरी सच्ची राय है कि [Frankly, you haven't a chance]; ~**ness** *n* 1 सरल स्वभाव, भोलापन, निष्कपटता, 2 स्पष्टवादिता

Frankenstein फ़्रैंकन्स्टाइन *n* 1 ऐसा व्यक्ति जो स्वयं बुलाये भूत या स्वयं बनाये विनाशकारी पदार्थ का शिकार हो जाये, 2 ~('s) **monster** ऐसा

पदार्थ या सिद्धान्त जो उसे बनाने वाले के लिए ही घातक सिद्ध हो

frank^{3} *vt* पत्र पर (टिकट के बजाय) डाक-खर्च की मोहर लगाना; ~**ing machine** ऐसी मोहर लगाने की मशीन, मोहर-यन्त्र

frantic फ़्रैन्टिक *a* 1 उत्तेजित, (शोक या पीड़ा के मारे) आपे से बाहर, अत्यन्त क्रुद्ध, आवेश में आया हुआ, घबराया हुआ, 2 बेकाबू, उन्मत्त, पागल, उग्र, ~ **with joy** खुशी से पागल, आनन्दोन्मत्त, आनन्द-विह्वल, ~ **efforts** जी-तोड़ कोशिश; ~**ally** *adv* पागलों की भांति, उत्तेजित होकर, जोश में आकर

fraternal फ़्रटर्नल *a* भाइयों-जैसा, भ्रातृसदृश, भाइयों का [~ love], बिरादराना, भाईचारे का, ~ delegate साथी प्रतिनिधि

fraternity फ़्रटर्निटि *n* 1 भाइयों-जैसा प्रेम या व्यवहार, भाईचारा, भ्रातृभाव, भ्रातृत्व, बन्धुत्व, 2 बिरादरी, (धार्मिक या व्यावसायिक) संघ, समाज, एक ही वर्ग या व्यवसाय के लोग, मंडल, निकाय

fraternization *n* भाईचारा करना (see foll)

fraternize फ़्रैटरनाइज़ *vi* 1 भाइयों-जैसा व्यवहार करना, भाईचारा करना, मित्रता करना, [to ~ **with, together,** *or abs*], 2 (of troops) (शत्रु-सेना या अधिकृत देश के लोगों के साथ) मित्रता का व्यवहार करना, मिलना-जुलना, मेलजोल रखना

fratricidal फ़्रैट्रिसाइडल *a* (f. foll) भ्रातृहत्या का, भ्रातृवध का, जिसमें भाई भाई का वध करे, भ्रातृघातक [the ~ war of Mahabharata]

fratricide फ़्रैट्रिसाइड *n* 1 भाई या बहन की हत्या, भ्रातृहत्या, भगिनी हत्या, 2 भाई या बहन की हत्या करने वाला, भ्रातृघातक, भगिनीघातक

Frau G फ़ाउ *n* जर्मन महिला, श्रीमती

fraud फ़ॉड *n* 1 धोखा, कपट, छल, धोखाधड़ी, ठगी, प्रवंचना, धोखेबाजी, चालबाजी, 2 प्रपंच, ढोंग, पाखंड, ढकोसला, **pious fraud** धार्मिक विश्वास जगाने के लिए गढ़ी गई असत्य कथा या रचा गया प्रपंच, धार्मिक प्रवंचना 3 ठग, प्रपंची, पाखंडी, ढकोसलेबाज [He is a ~]

fraudulence फ़ॉड्यूलन्स *n.* बेईमानी, धोखेबाजी, छल, कपट, ठगी [~ of a trustee, transaction]

fraudulent फ़ॉड्यूलन्ट *a* 1 (of person) धोखा करने वाला, धोखेबाज, बेईमान, छली, कपटी, 2 (of transaction) धोखे का, बेईमानी का, कपटपूर्ण, छलपूर्ण; ~**ly** कपटपूर्वक

fraught फ़ॉट *a* भरा हुआ, पूर्ण, ~ **with meaning** अर्थपूर्ण, गंभीर अर्थ वाला, a step ~ **with danger** ख़तरनाक कदम, a decision fraught with serious consequences निर्णय जिसके भयंकर परिणाम निकल सकते हों

Fraulein G फ़्रॉइलाइन *n* (an unmarried German girl) कुमारी, अविवाहित स्त्री

fray^{1} फ्रे *n* 1 दंगा, उपद्रव, हुल्लड़, लड़ाई-झगड़ा, मार-पीट 2 झगड़ा, संघर्ष; eager *or* ready for the fray लड़ाई-झगड़े या संघर्ष या टक्कर लेने के लिए तैयार; to enter the ~ **संघर्ष में पड़ना**

fray^{2} *vt & i* 1 घिसना, रगड़ना, 2 (उलझे हुए सूत को) सुलझाना, 3 (बुनी हुई चीज़ को) उधेड़ना, तार-तार कर देना; उधड़ना; तार तार हो जाना, *fig* My nerves are frayed मेरा दिमाग़ और शरीर अब काम नहीं करता; Tempers became ~ed लोग उत्तेजित हो गये, भड़क उठे

frazzle फ़्रैज़ल *n* थकान, थकावट, क्लान्ति, **beaten** *or* **worn to a** ~ थक कर चूर

freak फ़्रीक *n* 1 तरंग, उमंग, मौज, लहर, सनक, out of mere ~ लहर में आकर; 2 असाधारण बात या चीज़, कौतुक, **freak (of nature)** अजीब चीज, अप्राकृतिक वस्तु, बेढंगी चीज, विकृत रूप वाला जीव या प्राणी, 3 मादक द्रव्य का सेवन करने वाला, मादकद्रव्य-व्यसनी

freakish फ़्रीकिश *a* अजीब, अनोखा, विलक्षण, बेढंगा, आसाधारण, ~ idea तरंग, मौज, सनक; ~ **weather** अजीब या असाधारण मौसम, ~**ness** *n* 1 मन की मौज, तरंग, लहर, 2 असाधारणता, विलक्षणता

freckle फ़्रेकल *n & vt & i* त्वचा पर हल्के भूरे रंग का धब्बा, चित्ती, झाँई, *vt & i* चित्ती डालना, चित्ती पड़ना, झाँइयां पड़ना; ~**d** *a* चित्तीदार, जिस पर चित्तियां या झाँइयां पड़ी हों [a ~d face]

free फ़्री *a* 1 स्वतन्त्र, स्वाधीन, आज़ाद [a ~ nation], 2 मुक्त, बन्धनमुक्त, रिहा, जिसे छोड़ दिया गया हो, to set a prisoner ~ कैदी को रिहा करना, to set a bird ~ पक्षी को छोड़ देना, 3 बन्धनरहित, बाधारहित, स्वेच्छा से किया हुआ, to have a ~ **hand** कोई काम करने में स्वतन्त्र होना, कोई काम स्वेच्छा से कर सकना, **to give s.o. a** ~ **hand** किसी को कुछ करने की खुली छूट्टी देना; **free fight**; लड़ाई जिसमें सब भाग लें; जिसमें कोई नियम या बन्धन न हो, 4 खुले दिल का, उदार, जो कंजूस या कृपण न हो, खर्चीला; he is ~ of *or* **with** his money वह खुले दिल से खर्च करता है; ~**-handed** उदार, दानी, वदान्य, 5 बेतकल्लुफ़, to **make** *or* **be** ~**with** s.o. किसी के साथ बेतकल्लुफ़ी का बर्ताव करना, to be ~ of s.o.'s house किसी के घर बेतकल्लुफ़ी से आना-जाना, **free and easy** बेतकल्लुफ़, जो शिष्टाचार के नियमों का पालन न करे, 6 ख़ाली, न लगा हुआ, अव्यापृत [I am not ~ at this time], 7 रहित, हीन, विहीन, a place ~ from dust, ~ **from** disease जगह जिसमें धूल न हो, बीमारी न हो; ~ from difficulty जिसमें कोई कठिनाई न हो, 8 निःशुल्क, करमुक्त, मुफ़्त, **Admission free** प्रवेश निःशुल्क; ~ of charge निःशुल्क, मुफ़्त, ~ of duty, **duty-**~ करमुक्त, **free-list** (i) करमुक्त वस्तुओं की सूची, करमुक्त माल सूची (ii) निःशुल्क प्रवेश

पाने वालों की सूची, नि:शुल्क-सूची; 9 *comb*: ~ **enterprise** सरकारी नियन्त्रण से मुक्त उद्यम, निर्बाध उद्यम, **free gift** (वि० बिक्री बढ़ाने के लिए दिया गया) मुफ़्त उपहार; **free-hand drawing** पैमाने आदि के प्रयोग के बिना चित्रांकन, मुक्तहस्त आरेखण; **~-handed** *a* उदार, वदान्य, **~hold** *n* ज़मीन जिस पर व्यक्ति का पूर्ण स्वामित्व हो, माफ़ी ज़मीन; **~holder** माफ़ीदार; **free labour** मज़दूर-संघों से असंबद्ध कर्मियों द्वारा श्रम; स्वतन्त्र श्रम या श्रमिक; **~ lance** (पत्रकार या कलाकार) जो किसी का नौकर न हो, स्वतन्त्र पत्रकार या कलाकार; **~-liver** सुख-भोग रत व्यक्ति, वि० खाने-पीने का शौकीन; **free love** पत्नी या पति से अन्य व्यक्ति के साथ प्रेम या संभोग (करने का वि० पाश्चात्य सिद्धान्त), स्वच्छन्द प्रेम या संभोग; **~ market** जहां कीमतों पर नियन्त्रण न हो, निर्बाध बाज़ार; **free on board** (f.o.b., see *abbrs*); **free on rail** (f.o.r., see *abbrs*); **free pass** बिना किराया दिये रेल से यात्रा करने या सिनेमाघर आदि में नि:शुल्क प्रवेश का अधिकार, नि:शुल्क पास; **~ port** (i) जहां सब देशों के व्यापारी आ सकें, खुला बन्दरगाह; (ii) जहां आयात-निर्यात पर कर नहीं लगता, नि:शुल्क पत्तन; **free school** स्कूल जिसमें फ़ीस नहीं लगती, नि:शुल्क विद्यालय; **~ speech** हर तरह के विचार व्यक्त करने का अधिकार, वाक्स्वातन्त्र्य; **~-spoken** स्पष्टवक्ता, खुलकर बात करने वाला; **~ thinker** जो परम्परागत धार्मिक विश्वासों को न माने, स्वतन्त्र विचार रखने वाला, स्वतन्त्र विचारक; **~-thinking** *n & a* स्वतन्त्र विचार (रखने वाला); **~ trade** आयात पर रोक न लगाने की नीति, निर्बाध व्यापार; **~-trader** निर्बाध व्यापार का समर्थक; **~ translation** भावानुवाद; **~ verse** कविता जिसमें छन्द का बन्धन न हो, छन्दमुक्त पद्य; **~ vote** (*Parl*) मतदान जिसमें पार्टी के आदेश का बन्धन न हो, स्वतन्त्र मत(दान); **free will** संकल्प-स्वातन्त्र्य; **free world** (दुनिया के) ग़ैर-काम्युनिस्ट देश; **free** *adv* 1 स्वतन्त्रतापूर्वक, जैसा जी चाहे, 2 मुफ़्त में; **~ly** *adv* 1 स्वतन्त्रतापूर्वक; 2 बिना झिझक या सङ्कोच के, खुल कर

free^{2} *vt* 1 (बन्धन से) मुक्त करना, छोड़ देना, रिहा करना [to ~ a prisoner, slave, etc], स्वतन्त्र करना, आज़ाद करना [to free a country]; 2 (फँसे या जकड़े हुए को) छुड़ाना, निकालना [to ~ an animal, a rat, etc from a trap], अलग करना; अपने आप को छुड़ाना [to free oneself from s.o.'s grasp, from one's commitments]

free^{3} *comb from*=के बिना, रहित, **disease-~** रोगरहित, **post-~** (इस पर) डाक-टिकट नहीं लगता, डाक-शुल्क पहले दिया जा चुका है

freebooter फ़्री-बूटर *n* समुद्री डाकू; *fig* लुटेरा

freedom फ़्रीडम *n* 1 (व्यक्ति या देश की) स्वतन्त्रता, स्वातन्त्र्य, स्वाधीनता, आज़ादी; (काम करने की) स्वतन्त्रता, 2 रहित होना, राहित्य, अभाव, छुटकारा [~ from defect, duty, want, etc]; **the four ~s** वाक्स्वातन्त्र्य, धार्मिक स्वतन्त्रता, भय से मुक्ति, निर्धनता से छुटकारा; 3 झिझक या सङ्कोच या भय का अभाव [Speak with ~]; 4 अधिकार-विशेष, freedom of a city (वि० विदेशी अतिथि को सम्मानार्थ दिया गया) नागरिकता का अधिकार; 5 इस्तेमाल या उपयोग का अधिकार, छूट [He has been given the ~ of the library]; 6 शिष्टाचार के बन्धन का अभाव, बेतकल्लुफ़ी, 7 **freedom fighter** स्वतन्त्रता सेनानी

Freemason फ़्री-मेसन *n* भ्रातृभाव और परस्पर-सहायता पर आधारित संघ जिसकी शाखाएं अनेक देशों में हैं। संघ के सदस्य कुछ रहस्यपूर्ण अनुष्ठान करते हैं जिनमें दीक्षित व्यक्ति ही सम्मिलित हो सकते हैं

freemasonry फ़्री-मेसन्रि *n* 1 (see prec) फ़्री-मेसनों की पद्धति एवं संस्थाएं, 2 *fig* (समान हित वालों की) पारस्परिक सहानुभूति

freeze फ़्रीज़ *vi & t* (froze, frozen) & *n* 1 जमना, जम कर बर्फ़ हो जाना; 2 पाला मार जाना, 3 बहुत ठंड महसूस करना; ठंड के मारे (व्यक्ति या वस्तु का) अकड़ जाना [In Srinagar, the washing often froze on the line], **to ~ to death** ठंड से मृत्यु हो जाना; 4 (impers) **it ~s, it is freezing** बहुत ठंड पड़ रही है, पाला पड़ रहा है; 5 *vt* जमाना, बर्फ़ बना देना, 6 (किराये, कीमतों, वेतन आदि को) बढ़ने न देना, स्थिर कर देना, 7 (finance) **to ~ assets** etc बैंक में जमा पूंजी निकालने पर रोक लगाना, अनुपलभ्य बनाना; 8 (व्यक्ति को) स्तंभित करना; 9 **to ~ s.o.'s blood** भयभीत करना, *n* 1 पाला, कोहरा; पाले या कोहरे के दिन, 2 स्थिरीकरण [price-~, wage-~], 3 ज्यों का त्यों बना या रखा रहना, यथावत् स्थिति [a ~ on nuclear weapons]

freezer फ़्रीज़र *n* 1 ठंडा करने का यन्त्र, प्रशीतित्र, 2 खाद्य सामग्री को जमाने का कक्ष; हिमीकरण कक्ष

freezing फ़्रीज़िङ्ग *n & a* 1 जमना, जमाव; हिमीकरण, 2 **~-mixture** (नमक, बर्फ़ आदि का बना) हिमकारी मिश्रण; **~-point** द्रव के जमने का तापमान, हिमांक; *a* बहुत ठंडा

freight फ़्रेट *n & vt* 1 (रेल, जहाज़, विमान आदि द्वारा माल ढोने का) भाड़ा या किराया, माल-भाड़ा, ढुलाई; 2 (माल का) भार; *vt* 1 (जहाज़ आदि में) माल लादना [to ~ a ship etc]; 2 (जहाज़) किराये पर लेना या देना

freightage फ़्रेटिज *n* 1 माल-भाड़ा; ढुलाई, 2 (माल का) परिवहन, ढुलाई, 3 जहाज़ किराये पर लेना या देना, 4 माल

freighter फ़्रेटर *n* 1 जहाज़ किराये पर लेने वाला, 2 माल भेजने वाला, 3 माल भिजवाने वाला, 4 मालवाही पोत अथवा विमान

French फ़्रेॅन्च *a* & *n* 1 फ्रांसीसी, फ्रांस (देश) का, फ्रांसीसी लोगों का; 2 *comb*: ∼ **bean** एक प्रकार की लोबिया; ∼ **drain** रोड़ी-कंकर की नाली (जो पानी को सोख लेती है) 3 **to take ∼ leave** बिना पूछे या बिना बताये चला जाना, बिना पूछे कोई काम करना, ∼ **letter** (*colloq*) निरोध, ∼**man** फ्रांसीसी पुरुष, ∼**woman** फ्रांसीसी स्त्री, *n* 1 फ्रांसीसी भाषा, 2 the ∼ (*pl*) फ्रांसीसी लोग

Frenchify *vt* 1 फ्रांसीसी रूप देना, फ्रांसीसी ढंग का बनाना, 2 फ्रांसीसी चाल ढाल का बनाना, फ्रांसीसी संस्कृति के रंग में रंगना

frenetic फ़्रिनेॅटिक =phrenetic

frenzied *a* (f. foll) आपे से बाहर, उत्तेजित, पागल

frenzy फ़्रेॅन्ज़ि *n* & *vt* 1 उत्तेजना, आवेश, जोश, in a ∼ of despair निराशा के आवेश में, 2 घबराहट, किंकर्तव्यविमूढ़ता, विह्वलता, in a ∼ of joy आनन्दविह्वल, 3 पागलपन, चित्तविक्षेप; *vt* (usu in *pp*) 1 उत्तेजित करना, जोश दिलाना, 2 पागल करना

frequency फ़्रीक्वन्सि *n* बार बार होना, आवृत्ति, पौनःपुन्य

frequent^1 फ़्रीक्वन्ट *a* 1 बार बार या बहुत बार होने वाला, बहुत काफ़ी; **It is a ∼ practice** ऐसा बहुत बार या बहुधा होता है, 2 नित्य का, सदा का, सतत; **He is a** ∼ caller वह यहां प्रायः आता रहता है, 3 (of pulse) तीव्र, तेज़; ∼**ly** *adv* बहुत बार, प्रायः, बहुधा, अक्सर

frequent^2 फ़्रीक्वेॅन्ट *vt* (स्थान, सभा, सम्मेलन में) बहुत बार आना-जाना, बहुत आया-जाया करना, मंडराना, बहुत बार उपस्थित या सम्मिलित होना [Sadhus ∼ holy places], **a much frequented road** बहुत आमद-रफ़्त वाली सड़क, सड़क जहां से बहुत लोग गुज़रते हों, चलता रास्ता; ∼**er** *n* बहुत आने-जाने वाला (व्यक्ति)

fresco फ़्रेॅस्को *n* (*pl* ∼s, ∼es) & *vt* दीवार या छत का प्लस्तर सूखने से पहले उस पर चित्र बनाने की विधि, लेपचित्र, भित्तिचित्र; to paint in ∼ (दीवार आदि के) गीले प्लस्तर पर चित्र बनाना; (*attrib*) ∼ painting भित्तिचित्र; *vt* (दीवार आदि पर) चित्र बनाना

fresh फ़्रेॅश *a*, *adv* & *n* 1 नया, नूतन, नवीन, अभिनव [Begin a ∼ paragraph, chapter] 2 अपूर्वपरिचित, अभूतपूर्व, **to break fresh ground** कोई नया काम करना (जो पहले किसी ने न किया हो), नये तथ्यों का पता लगाना, 3 हाल का, अभी-अभी आया हुआ [∼ from England], 4 नौसिखिया, अनुभवहीन, 5 ताज़ा, जो बासी न हो, जो गला सड़ा न हो, [∼ news, meat fish, milk, butter, bread] 6 **fresh water** (i) ताज़ा पानी, (ii) मीठा पानी, जो खारा न हो, **freshwater fish** नदी या तालाब (न कि समुद्र) की मछली, 7 स्वस्थ, ताज़ा दम, जो थका मांदा न हो, चुस्त, फुर्तीला, 8 ताज़ा, शुद्ध, स्वास्थ्यवर्द्धक [∼ air]; (*adv*) हाल में ही, अभी-अभी (esp. in *comb*:) ∼-caught fish, ∼-killed goat), *n* 1 (दिन, वर्ष आदि का) आरंभिक भाग, आरंभ, प्रातः, भोर [Take a walk in the ∼ of the morning], 2 नदी का चढ़ाव, बाढ़; **freshly** *adv* अभी अभी, हाल में ही

fresher फ़्रेॅशर *n* (*sl*) = foll

freshman *n* विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष का छात्र, प्रथमवर्षीय छात्र

fret^1 फ़्रेॅट *n* कोणीय नक्काशी या बेल-बूटे, जाली, ∼**-saw** (बेल-बूटे बनाने के लिए लकड़ी) तराशने की आरी, ∼**work** (i) तराश कर बनाई गई जाली, कटाव का काम, (ii) कटावदार लकड़ी

fret^2 *vt* & *i* (*-tt-*) & *n* 1 कुतरना, काटना, खाना, चबाना, rust ∼s metals ज़ंग धातुओं को खा जाता है; the horse ∼s its bit घोड़ा लगाम के दहाने को चबाता रहता है, 2 घुन की तरह लगना, खोखला करना, खोखला करके या काट कर (रास्ता) बनाना [The stream has ∼ted a channel through the rock], 3 तंग करना, सताना, यन्त्रणा देना, दुःखी करना, खिझाना, 4 *vi* खीझना, तिलमिलाना, झुंझलाना [to ∼ at sth], **to fret and fume** गुस्से में आना, ताव दिखाना, झल्लाना, 5 (of stream) उछलते हुए बहना, लहरें उठना; *n* खीझ, झुंझलाहट [to be in a ∼]; ∼ful, *a* जल्दी गुस्से में आने वाला, झल्ला उठने वाला, चिड़चिड़ा

fret^3 *n* (*mus*) गिटार आदि वाद्ययन्त्रों के तारों को दबाने का उपकरण, सारिका, परदा

Freud फ़्रॉइड *n* मनोविश्लेषण-विज्ञान का प्रवर्तक (**Sigmund** ∼ 1856-1939 of Austria)

friable फ़ाइअबल *a* जल्दी चूर-चूर होने वाला, भुरभुरा; **friability**; ∼**ness** *nn* भुरभुरापन

friar फ़ाइअर *n* ईसाई साधु संप्रदाय-विशेष का सदस्य, साधु, भिक्षु, सन्यासी श्रमण; **friary** फ़ाइअरि *n* साधुआश्रम, मठ, विहार, संघाराम

fricassee फ़्रिक-सी *n* भुने या उबले हुए मांस के छोटे-छोटे टुकड़े जो चटनी के साथ खाये जाते हैं

fricative फ़्रिक-टिव *a* & *n* मुंह के बहुत कम खुले होने पर सांस की टक्कर से उत्पन्न होने वाला, (व्यञ्जन), संघर्षी; *e g*. f; th (in thought, through, etc.)

friction फ़्रिक्शन *n* 1 (दो पिंडों की परस्पर) रगड़, घर्षण, 2 *med* (शरीर में गरमाहट लाने के लिए) मर्दन, मलना, रगड़ना, 3 *fig* संघर्ष, खींचतान, अनबन, झगड़ा [There is ∼ between the tenant and the landlord], 4 *Phys*, *mech* (एक पिंड के दूसरे पर गति करने से होने वाली) रुकावट, अटक, घर्षण

Friday फ़ाइ-डि *n* शुक्रवार, **Good** ∼ ईस्टर से पहला शुक्रवार जो ईसा के सूली पर लटकाये जाने की

स्मृति में मनाया जाता है, पुण्य शुक्रवार (see Easter)

friend फ़्रॅन्ड *n* 1 मित्र, दोस्त, सखी, सहेली, हितैषी, **to make ~s with s.o.** किसी के साथ दोस्ती या मित्रता करना, किसी को मित्र या दोस्त बनाना; **A ~ in need is a ~ indeed** दोस्त वही है जो ज़रूरत के वक्त काम आये, 2 सहचर, सहचरी, संगी, सगिनी, साथी, संाथिन, 3 सहायक, मददगार, यार, हमदर्द, 4 उपयोगी गुण, मौक़े पर काम आने वाली चीज़, **My truthfulness was here my best ~** अब मेरी सच्चाई ही मेरे काम आई

friendliness *n* मित्रतापूर्ण रवैया, अनुकूलता, सद्भावना, उदारता, कृपालुता

friendly फ़्रॅन्ड्लि *a* 1 (of person) हितैषी, हितकारी, भला चाहने वाला, सहायक, 2 (of act, attitude) मित्रतापूर्ण, मैत्रीपूर्ण, मित्रता का, दोस्ताना, अनुकूल, सुलह-सफ़ाई, का; to be on ~ terms with s.o. किसी के साथ मित्रता का या मैत्रीपूर्ण संबंध होना या रखना; **~ match, game** दोस्ताना मैच या खेल (जिसमें प्रतियोगिता या हार जीत का ख़याल न हो), ~ nation मित्र-राष्ट्र, **F~ Society** = benefit ~ (see benefit, 4)

friendship *n* मित्रता, मैत्री, सौहार्द, दोस्ती

frieze¹ फ़्रीज़ *n* मोटा ऊनी कपड़ा (जिसके प्रायः एक तरफ़ ही रोआं होता है)

frieze² *n* (*archit*) दीवार पर (वि० छत के निकट) बनी सजावटी पट्टी; चित्रवल्लरी

frigate फ़्रिगट *n* छोटा (द्रुतगामी) जंगी जहाज़

fright फ़्राइट *n* 1 आकस्मिक भय, चौंक, दहशत, त्रास, **to take ~ (at sth)** चौंक उठना, एकाएक डर जाना, **to give** s.o. **a ~** किसी को चौंका देना, एकाएक डरा देना, 2 विकराल आकृति वाला व्यक्ति (वि० स्त्री), भद्दी वस्तु

frighten फ़्राइटन *vt* चौंकाना, डराना, भयभीत या त्रस्त करना, दहशत दिलाना; to ~ s.o. **into, out of, doing** sth किसी को डरा कर कोई काम करने पर मजबूर करना; कोई काम करने से रोकना, to ~ s.o. **away** डरा के भगा देना; to be ~ed out of one's wits डर के मारे होश उड़ जाना

frightful फ़्राइट्फ़ुल *a* 1 भयानक, भयङ्कर, भीषण, घोर, बीभत्स, 2 कुरूप, विकराल, 3 (*sl*) बहुत अधिक, अत्यन्त, अतिशय; **~ly** *adv* बहुत, अधिक, अत्यन्त, I am ~ly sorry मुझे अत्यन्त खेद है; **~ness** *n* भयङ्करता, भीषणता, घोरता, क्रूरता

frigid फ़्रिजिड *a* 1 बहुत ठंडा, सर्द, बर्फ़ानी, **~ zone** शीत कटिबन्ध, 2 उदासीन, निर्मम; रूखा, स्नेहशून्य [a ~ welcome]; (of woman) भोगेच्छारहित; **~ness, frigidity** फ़्रिजिडिटि *nn* 1 घोर शीत, सख्त सर्दी, अत्यन्त शीतलता, 2 उदासीनता रूखापन, रुखाई; (of woman) भोगेच्छा का अभाव, कामशैत्य

frill फ़्रिल *n* 1 झालर, 2 (in *pl*) ढोंग, दिखावा **to put on ~s** दिखावा करना, बनना; **~ed** *a* झालरदार

fringe¹ फ़्रिन्ज *n* 1 अलग-अलग लटकते हुए झब्बेदार डोरी की झालर, कन्नी, किनारी, मगज़ी, 2 माथे पर लटकते हुए छोटे कटे बाल, 3 सिरा, छोर, किनारा, उपान्त, सीमांत, बाहरी भाग [townships on the ~(s) of Delhi], the ~ of the problem समस्या का लेशमात्र या अंशमात्र; **~ benefits** (वेतन के अतिरिक्त) अनुषंगी लाभ (*e.g.* a rent-free house, etc.)

fringe² *vt* 1 किनारी या झालर या मगजी लगाना, 2 छोर पर होना, आस-पास होना, किनारे-किनारे या सीमा पर स्थित होना [Delhi is ~d with numerous townships

frippery फ़्रिपरि *n* 1 भड़कीले परन्तु घटिया वस्त्राभूषण, 2 निकम्मी या घटिया या तुच्छ वस्तुएं, छोटी-मोटी चीज़ें, छोटा-मोटा सामान, 3 (of style) आडम्बर, शब्दाडम्बर

frisk फ़्रिस्क *n* & *vi* उछल-कूद, कलोल, कुलेल; *vi* उछलना-कूदना, उछलते हुए चलना, कुलेल करना, फुदकना

friskiness *n* 1 उछल-कूद, कलोल, कुलेल, 2 चुलबुलापन, चुलबुलाहट, प्रफुल्लता, उल्लास

frisky फ़्रिस्कि *a* 1 चुलबुला, उत्साहभरा, सजीव, फुर्तीला, 2 उछल-कूद करने वाला, उछलता-कूदता, कूदता-फाँदता, (of horse) छलांगें मारता हुआ

fritillary फ़्रिटिलरि *n* 1 कुमुदिनी-जाति का एक पोधा, 2 एक प्रकार की तितली

fritter फ़्रिटर *vt* 1 छोटे-छोटे टुकड़े करना, 2 **to ~ away** one's money (कभी किसी चीज़ और कभी किसी चीज़ पर व्यय करके) अपना रुपया बरबाद करना; **to ~ away one's time, energy** (कभी किसी काम और कभी किसी काम में लग कर) अपना समय, अपनी शक्ति, नष्ट करना

frivol फ़्रिवल *vi* & *i* खिलवाड़ करना, व्यर्थ बिताना, गँवाना, खोना [to ~ (time, money) **away**. See fritter]

frivolity फ़्रिवॉलिटि = frivolousness

frivolous फ़्रिव्लस *a* 1 बेकार, व्यर्थ, तुच्छ, मामूली, 2 (of person) ओछा, छिछोरा, खिलवाड़ करने वाला, गंभीरता से विचार या काम न करने वाला, समय नष्ट करने वाला, मज़ाकिया; **~ly** *adv* 1 खिलवाड़ करते हुए, मज़ाक करते हुए, 2 ओछेपन से, **~ness** *n* 1 तुच्छता, असारता, महत्वहीनता, 2 ओछापन, छिछोरापन, गंभीरता का अभाव

frizz फ़्रिज़ *vt* & *n* = foll.

frizzle¹ फ़्रिज़ल *vt* & *i* & *n* (बालों को) घुंघराला बनाना, *n* घुंघराले बाल

frizzle² *vt* & *i* (तड़-तड़ शब्द के साथ) तलना या तला जाना; भूनना, भुनना; सेंकना, सिकना

fro फ़्रो *adv* to and fro इधर से उधर और उधर से इधर, आगे-पीछे

frock फ़्रॉक *n* & *vt* 1 (बच्चे या स्त्री का) फ़ाक 2 पादरी का चोग़ा; *fig* पादरी का पद, पादरी-स्वभाव; *vt* पादरी के पद पर प्रतिष्ठित करना

frog फ़्रॉग *n* 1 मेंढक, मण्डूक; ~ in the (*or* in one's) throat स्वरभंग, ~-in-the well कूपमण्डूक, 2 ~ (-eater) *derog* (मेंढक-भक्षी होने के कारण) फ्रांसीसियों का उपनाम, फ्रांसीसी, 3 **frogman** ग़ोताख़ोर, डुबकीमार, पनडुब्बा, 4 ~'s **march**, ~-**march** चार व्यक्तियों द्वारा औंधे-मुंह कैदी को उसकी बांहें और टांगें अलग-अलग पकड़ कर उठा ले चलना

frog^2 *n* 1 संगीन आदि लटकाने के लिए पेटी के साथ लगी लटकन, संगीन-लटकन, 2 (बड़े कोट आदि का) लंबोतरा बटन और छल्ला

frolic फ्रॉलिक *n* & *vi* (frolicked) खेलकूद, उछलकूद, अठखेली, शरारत, चुलबुलापन, चपलता, क्रीड़ा, खिलवाड़, खेलवाड़, आमोद-प्रमोद, मनोविनोद,; *vi* उछलना, कूदना, उछलकूद करना, कल्लोल या कलोल करना; ~**some** *a* चपल, चंचल, चुलबुला, उछलकूद करने वाला, उल्लसित

from फ़्रॉम, फ़म *prep* अपादानसूचक पद, से 1 से लेकर, से आरंभ करके, from **A to Z** आरंभ से लेकर अन्त तक, आद्योपान्त, 2 to know black ~ white काले और सफ़ेद में भेद कर सकना, 3 **from now on** आगे से, भविष्य में, **from day to day** दिन प्रतिदिन, ~ **time to time** समय-समय पर, कभी-कभी, यदा कदा; **from a child** बचपन से, 4 Tell him from me that... उसे मेरी ओर से कहना कि...; ~ **his point of view** उसके विचार से

frond फ़्रॉन्ड *n* (खजूर, ताड़ आदि पेड़ों का) पत्ता, प्रपर्ण

front^1 फ़न्ट *n* & *a* 1 मुंह, मुख, चेहरा, 2 *mil* सेना की अगली पंक्ति, युद्धभूमि, मोर्चा; **to go to the** ~ मोर्चे पर जाना, युद्धभूमि में जाना, 3 संगठित दल, मोर्चा, 4 (इमारत का) सामना, आगा, अग्रभाग, माथा, 5 (*with prepp*) **in** ~ **of** के सामने, के आगे, से पहले; **to come to the** ~ आगे आना, उजागर होना; ध्यान आकर्षित करना; *a* आगे का, सामने का, **front benches** (संसद् में) अगली बेंचें (जहां मंत्री बैठते हैं), ~ **door** आगे का दरवाज़ा, ~ **page**, पहला पृष्ठ, मुखपृष्ठ, ~ **rank** अगली पंक्ति, ~ **view** (i) सामने का दृश्य, (ii) इमारत की सामने की ओर का नक्शा

front^2 *vi* & *t* 1 सामने होना, किसी तरफ़ मुंह होना या करना, [The house fronts towards the **plaza**], 2 The window ~s the street खिड़की गली में खुलती है

frontage फ़न्टिज *n* 1 (मकान का) सामने का भाग (वि० जो नदी तट या सड़क से लगता हो), अग्रभाग, मोहरा, [a building with ~s on two roads], 2 मकान के माथे का विस्तार या आयाम, 3 मकान के माथे और सड़क के बीच की भूमि, 4 सड़क या जलाशय या नदी से लगी हुई ज़मीन

frontal फ़न्टल *a* 1 मस्तक का, ललाट का [~ **bone, artery**], 2 सामने का, ~ **attack** सामने से (न कि पार्श्व से या पीछे से) किया गया हमला, सामने का हमला; ~**ly** *adv* सामने से

frontier फ़न्टिअर *n* 1 सीमा, सीमान्त, सीमा-प्रदेश, सीमान्त प्रदेश, 2 *fig* सीमा, हद [the ~s of knowledge, civilization, etc], 3 *attrib* सीमा पर का, सीमा पर स्थित, ~ guard सीमा-रक्षक, ~ post सीमा-चौकी, ~ town सीमान्त-नगर, 4 ~sman सीमान्तवासी

frontispiece फ़न्टिस्पीस *n* 1 पुस्तक के (या पुस्तक के किसी खंड के) मुखपृष्ठ के सामने वाला चित्र, मुखचित्र 2 *archit* (इमारत का) माथा, 3 सुसज्जित प्रवेशद्वार

frost^1 फ़्रॉस्ट *n* 1 पानी जमने के तापमान से कम तापमान, पानी जमा देने वाली सर्दी, सख़्त सर्दी, 2 जमी हुई ओस या भाप, पाला, कुहरा, तुषार; There is still ~ in the ground अभी धरती पर कुहरा जमा हुआ है, 3 *sl* घोर असफलता, अरुचिकर खेल आदि [The play was a dead ~], 4 *comb*: ~-**bite** (*i*) पाले के कारण किसी अंग का सूज जाना या गल जाना, (ii) पाला पड़ने से (पौधे का) जल जाना, (पौधे को) पाला मार जाना; ~-**bitten** (i) पाले से सूजा या गला हुआ, (ii) पाले का मारा हुआ; ~-**bound** सख़्त सर्दी से कठोर या कड़ी हुई हुई (भूमि)

frost^2 *vt* 1 (पौधे को) पाला मार जाना, (पौधे का) जल जाना, 2 (खिड़की आदि के शीशों पर) कुहरा जम जाना, 3 (शीशे की सतह को) खुरदरा या दानेदार बनाना [~**ed glass**]

frosty फ़्रॉस्टि *a* 1 बहुत ठंडा, सख़्त सर्द, बर्फ़ानी, 2 कुहरे से ढका हुआ, तुषाराच्छन्न, 3 स्नेहशून्य, सौदहार्दशून्य, रूखा (~ reception)

froth फ़्रॉथ *n* & *vi* 1 झाग, फेन, 2 (तरल पदार्थ के ऊपर की) मैल, मांड़, 3 असार या निस्सार वस्तु, तुच्छ वस्तु, 4 निरर्थक या बेमानी बात, बकवास; *vi* झाग बनना या बनाना, झाग पैदा होना या पैदा करना, (मुंह से) झाग निकालना, झाग उगलना [He was ~ing at the mouth]; ~**y** *a* झागदार, फेनिल

froward फ्राउ-अर्ड *a* (*arch*; of person) हठी, जिद्दी, ढीठ

frown^1 फ़ाउन *n* चढ़ी हुई त्योरी, भृकुटि, भृकुटी, तनी हुई भौंहें

frown^2 *vi* 1 (अप्रसन्नता व्यक्त करने या ध्यान केन्द्रित करने के लिए) भौंहें सिकोड़ना, त्योरी चढ़ाना, घूरना, 2 (of things) निराशाजनक होना, संकटसूचक होना, अमंगलसूचक होना 3 to ~ **at, upon** किसी बात (या सुझाव) को अस्वीकार करना, रद्द करना, नापसंद करना

frowzy फ़ाउज़ि *a* 1 बदबूदार, दुर्गन्धयुक्त, फफूंदीदार, उमसा हुआ, बासी, पुराना, अन्धेरा, 2 (of person, clothes) मैला-कुचैला, फटा-पुराना

frozen फ़ोज़न *a* 1 जमा हुआ, बर्फ़ानी, 2 ~ assets (see freeze 5) ऐसी संपत्ति या पूंजी जिसे काम में लाने की मनाही की गई हो, बाधित या अवरुद्ध संपत्ति या पूंजी

fructiferous फ़्रक्टिफ़रस *a* जिस पर फल आता हो, फलदार

fructification फ़्रक्टिफ़िकेशन *n* 1 फल आना, फलना, फलन, 2 पौधे का वह भाग जिस पर फूल और फल लगते हैं

fructify फ़्रक्टिफ़ाइ *vi* & *t* 1 फल आना, फलना, 2 *fig* फलवान् या फलदायक होना, सफल होना, 3 *vt* फलदार बनाना

fructose फ़्रक्टोस *n* फलों के रस से बनी शक्कर, फलशर्करा, फल की चीनी

fructuous फ़्रक्टयुअस *a* 1 फलदार, फल देने वाला, फलोत्पादक, 2 *fig* फलदायक, लाभदायक, सार्थक, सफल

frugal फ़्रूगल *a* 1 (of person) मितव्ययी, कम खर्च करने वाला, बचत करने वाला, किफ़ायती, मिताहारी, कम खाने वाला, to be ~ of sth किसी चीज़ का कम (या थोड़ी मात्रा में) उपयोग करना, किफ़ायत करना, 2 (of meal) थोड़ा, थोड़ी मात्रा में, किफ़ायती, सस्ता, साधारण, मामूली; ~ity फ़्रूगैलिटि *n* 1 मितव्ययिता, 2 मिताहार; ~ly *adv* मितव्ययिता से, कम मात्रा में

frugivorous फ़्रूजिवरस *a* फल खाने वाला, फलभक्षी, फलाहारी

fruit फ़्रूट *n* 1 (as *collect*) फल [We are eating more ~ than we used to], 2 **~s of the earth** शाक-सब्ज़ियां, कन्द-मूल आदि 3 (in *pl*) आय, आमदनी, the ~s of industry उद्योगधंधों की आय, 3 (in *sing* or *pl*) फल, परिणाम, नतीजा [Success is the ~ of hard work], 4 **to bear fruit** (i) फल आना, (ii) फल होना, परिणाम या नतीजा निकलना (also see bear,^{2} 2), 5 *comb*: ~ **salts** फलों के स्वास्थ्यप्रद लवण; ~ **sugar** = fructose

fruitarian फ़्रूटेअरिअन *n* फलभक्षी

fuiterer फ़्रूटरर *n* फल बेचने वाला, फलों का व्यापारी

fruitful *a* 1 (of soil) उपजाऊ, उर्वर, 2 फलवान्, फलदायक, लाभदायक, उपयोगी (~ discussion)

fruition फ़्रूइशन *n* 1 (पेड़ पर) फल आना, फलन 2 फल का उपभोग, फलप्राप्ति, 3 फलवान् होना, सिद्धि, निष्पत्ति, संपादन, सफलता, ~ of a project योजना का पूरा होना

fruitless *a* निष्फल, बेकार, व्यर्थ [~ discussion, search, etc]

fruity फ़्रूटि *a* 1 फल का [~ taste]. 2 (of wine) अंगूर के स्वाद वाला

frump फ़्रम्प *n* मैले-कुचैले वस्त्रों वाली पुरानी चालढाल की स्त्री, ढड्डो

frustrate फ़स्ट्रेट *vt* (प्रयत्न आदि) विफल करना, सफल या पूरा न होने देना [to ~ s.o.'s efforts, hopes, plans, etc], 2 (व्यक्ति की योजना आदि को विफल करके उसे) निराश या हताश करना [to ~ s.o. in his plans etc], 3 निष्प्रभाव या बे-असर कर देना; ~d *a* (इच्छा या आशा पूरी न होने के कारण) अत्यन्त निराश, हताश, कुंठित

frustration फ़स्ट्रेशन *n* 1 (प्रयत्न आदि का) विफलीकरण, 2 व्यक्ति की यह भावना कि मेरे सब प्रयत्न विफल हो गये; मेरी कोई आशा पूरी न हुई, विफलता, घोर निराशा, हताशा, कुंठा [*L.* frustra *adv* व्यर्थ]

fry^{1} फ़्राइ *n* 1 (हाल ही में अंडों से निकले) मछलियों, मेंढकों आदि के बच्चे, पोना; **the small fry** (i) क्षुद्र जीव-जन्तु, (ii) बच्चे, (iii) मामूली लोग, निम्न वर्ग के लोग

fry^{2} *vt* & *i* & *n* 1 तलना, तला जाना [The sausages are ~ing *or* being fried] **frying-pan** कड़ाही, **to jump out of the frying-pan into the fire** कड़ाही से निकल कर भाड़ में गिरना; छोटी मुसीबत से निकल कर बड़ी में फंसना; *n* तला या भुना हुआ गोश्त

fuddle^{1} फ़डल *vi* & *t* 1 बहुत शराब पीना, 2 *vt* शराब के नशे में चूर करना, मदोन्मत्त करना, (शराब पिला कर) चकरा देना, to get ~d (i) मदोन्मत्त होना, (ii) चकरा जाना

fuddle^{2} *n* 1 मद्यपान, नशा, **on the ~** नशे में, मद्यपान करता हुआ, 2 चकराया हुआ होना, किंकर्तव्यविमूढ़ता

fudge^{1} फ़ज *int* & *n* 1 (अविश्वास और खीझ का व्यंजक शब्द) वाहियात! बकवास! 2 *n* बकवास, बेमानी बात, 3 छपते-छपते (दिया गया समाचार) 4 एक प्रकार की अमरीकी मिठाई

fudge^{2} *vt* & *i* & *n* 1 चकती या पैवन्द लगाना. कामचलाऊ ढंग से जोड़ देना, 2 नकली माल तैयार करना, झूठी बात बनाना, बेईमानी करना; *n* बेईमानी का काम, नकली माल

fuel^{1} फ़्यूअल *n* 1 (कोयला, लकड़ी, तेल, पैट्रोल आदि) ईंधन, यूरेनियम आदि तत्त्व जिसके विखंडन से परमाणु-ऊर्जा प्राप्त की जाती है, परमाणु-भट्ठी का ईंधन, 3 *fig* (काम, क्रोध आदि) भावनाओं को उद्दीप्त करने वाली चीज़, **to add ~ to the flames** आग में घी डालना, आग में घी का काम करना, भावनाओं को और भड़काना

fuel^{2} *vt* (-ll-) 1 (इंजन आदि में) तेल या पैट्रोल भरना, कोयला भरना, 2 परमाणु-भट्ठी में ईंधन डालना [a power-station fuelled by uranium]

fug फ़ग *n* 1 बन्द कमरे की हवा जैसी गन्ध, दुर्गन्ध, 2 कमरे के कोनों में जमा गर्द तथा रूई, ऊन आदि के छोटे-छोटे टुकड़े, कूड़ा; ~gy *a* दुर्गन्धयुक्त (fuggy room]

fugacious फ़्यूगेशस *a* 1 थोड़ी देर का, अचिरस्थायी, क्षणभंगुर, नश्वर, 2 जो पकड़ में न आये, जो पकड़ के रखा न जा सके, दुर्ग्राह्य; **fugacity** फ़्यूगैसिटि *n* क्षणभंगुरता, नश्वरता, अस्थिरता, दुर्ग्राह्यता

fugitive फ़्यूजिटिव *a* & *n* 1 पलायक, भागता हुआ; उड़ जाने वाला, ~ colour कच्चा रंग, उड़ जाने वाला रंग, 2 (of happiness) अचिरस्थायी, नश्वर, क्षणभंगुर, 3 (of literature) एक-दो दिन का, थोड़े दिन का; *n* भगोड़ा, भागा हुआ या फ़रार व्यक्ति

fugleman फ्यूगल्मन *n* 1 *hist* ड्रिल के समय रजमंट के आगे खड़ा तथा कवायद का तरीका बताने वाला सिपाही, 2 नेता, अग्रणी, प्रबन्धक, प्रवक्ता

fulcrum फ़ल्क्रम *n* (*pl* **-ra**) 1 *mech* वह बिन्दु जिस पर टिक कर लीवर काम करता है, टेक, सहारा, आधार, आलम्ब, फ़ल्क्रम, 2 *fig* प्रभाव डालने का साधन

fulfil फ़ुल्फिल *vt* (-ll-) 1 (वायदा, इच्छा, प्रार्थना, कर्तव्य, काम आदि) पूरा करना [to~ a promise, desire, prayer, duty, task, etc], 2 (वचन, **कर्तव्य का**) पालन करना, निभाना, निबाहना, आज्ञा का पालन करना [to ~ a command], 3 (भविष्यवाणी को) सत्य कर दिखाना [**to ~ a prophecy**]; the prophecy was ~led भविष्यवाणी सच निकली, 4 शर्त पूरी करना [**to ~ the conditions**], अवधि समाप्त या पूरी करना [to ~ a period]; **fulfilment** *n* पूर्ति, निर्वाह, निबाह, पालन, सिद्धि, निष्पत्ति, समाप्ति

fuliginous फ़्यूलिजिनस *a* काला, कजरारा, स्याह, धूमिल, जिस पर कालिख जम गई हो

full^1 फ़ुल *a* & *n* & *adv* 1 पूरा, पूर्ण, भरपूर, भरा हुआ, **full to the brim** लबालब या मुंहामुंह भरा हुआ, किनारे तक भरा हुआ, ~ **to overflowing** छलकता हुआ, 2 (of heart) भावाभिभूत, करुणार्द्र [His heart was ~], 3 विचारमग्न, विचारों में डूबा हुआ, (किसी विषय में) तल्लीन; he was ~ of himself वह अपने ही बारे में सोचता या बात करता था, 4 प्रचुर, काफ़ी, बहुत, उतना जितने से तृप्ति हो जाये या जी भर जाये; he had a ~ meal उसने भर पेट खाया, 5 पूरा, सारा, सारे का सारा, सब का सब, समूचा, समग्र, सकल, ~ account पूर्ण वृत्तान्त, ~ details पूर्ण विवरण, 6 सगा, सगी [~ **brother, sister**], 7 *n* पूर्ण अवस्था, पूरी बात; The moon is at the ~ चन्द्रमा पूर्ण है, चन्द्रमण्डल पूरा है, I cannot tell you the ~ of it मैं तुम्हें पूरी बात नहीं बता सकता; **in full** पूरा, बिना संक्षेप किये [My letter should be published in ~; Write your name in ~]; **to the full** पूरा, जितना अधिक से अधिक संभव हो उतना; I have enjoyed life to the ~ मैंने जीवन का पूरा आनन्द लिया है, 8 (*adj*) full many a time बहुत बार; I know it ~ **well** मैं यह बात बहुत अच्छी तरह जानता हूं; 9 *comb*: ~ **age** वयस्कता; ~ **back** (फुटबाल में) पीछे का खिलाड़ी; ~ **blown flower** पूरी तरह खिला हुआ फूल; ~**-blooded** (i) सगा (भाई आदि), (ii) शुद्ध नस्ल का, जो दोगला न हो, (iii) ज़ोरदार, जोश भरा, साहसपूर्ण; ~**-dress debate** (*parl*) विस्तारपूर्वक बहस; ~**-dress rehearsal** पूरी वेशभूषा के साथ किया जाने वाला पूर्वाभ्यास या रिहर्सल, ~-**length** portrait पूर्णचित्र, पूरा चित्र; ~ **moon** (i) पूरा चाँद, पूर्णचन्द्र, (ii) पूर्णिमा, पूर्णमासी; **full stop** (i) पूर्ण विराम, (ii) The speaker came to a ~stop वक्ता एकाएक रुक गया; ~-**time** *a* पूर्णकालिक, पूरे दिन का [It's a ~-time job]; ~**-timer** *n* पूर्णकालिक कर्मी, **in ~ view** साफ़ या पूरा दिखाई देता हुआ

full^2 *vt* (कपड़े को) साफ़ करके कलफ़ या मांड़ी लगाना; **fuller** *n* कपड़े को कलफ़ लगाने वाला; **fuller's earth** मुलतानी मिट्टी

ful(l)ness *n* 1 पूर्णता, 2 (पात्र आदि का) भरा होना, 3 समग्रता, साकल्य, **in the fullness of time** नियत समय आने पर, समय पूरा हो जाने पर, 4 (शैली की) समृद्धता, संपन्नता, 5 (रंग की) चटक, शोख़ी, गहरापन

fully फ़ुलि *adv* पूर्णतः, पूर्णतया, पूरी तरह से, सर्वथा, बिल्कुल

fulmar फ़ुल्मर *n* मुर्गाबी के बराबर आकार का समुद्री पक्षी

fulminant फ़ल्मिनन्ट *a* 1 बिजली की तरह चमकने वाला, देदीप्यमान, चमचमाता हुआ, 2 (of disease) एकाएक फूट पड़ने वाला, अकस्मात् उत्पन्न होने वाला

fulminate फ़ल्मिनेट *vi* & *t* 1 (बिजली की तरह) चमकना, कौंधना, चमचमाना, 2 धमाका या विस्फोट होना, फट पड़ना, 3 गरजना, भर्त्सना करना, घोर निन्दा करना, [to ~ **against** corruption, nepotism, etc.], to ~ **against s.o.** किसी पर दोषारोपण करना, किसी के विरुद्ध आरोप-पत्र प्रकाशित करना; **fulmination** फ़ल्मिनेशन *n* भर्त्सना, निन्दा; आरोपपत्र; **fulminatory** फ़ल्मिनेटरि *a* भर्त्सनात्मक, निन्दात्मक

fulsome फ़ुल्सम *a* आधिक्य के कारण उकता देने वाला या अरुचि पैदा करने वाला, आवश्यकता या औचित्य से अधिक, अतिशय; ~ **flattery** अतिशय चाटुकारी या चाटुकारिता, बेहद चापलूसी

fulvous फ़ल्वस *a* रक्तपीत, पिंगल, भूरा

fumarole फ़्यूमरोल *n* ज्वालामुखी से धूआं निकलने का छिद्र, धूम्रछिद्र

fumble फ़म्बल *vi* & *t* & *n* 1 टटोलना, टोहना, to ∼ **for sth** in the almirah कोई चीज़ ढूंढने के लिए अलमारी में टटोलना; to ∼ **for** words (भाव व्यक्त करने के लिए शब्द न सूझने पर) शब्द सोचने का प्रयत्न करना, to ∼ **with sth** कोई काम अनाड़ीपन या फूहड़पन से करना, 2 *vt* चीज़ को पकड़ने के लिए हाथ फैलाना पर ठीक तरह से पकड़ न पाना [to ∼the ball]; *n* अनाड़ीपन का काम, घपला, गड़बड़, ∼**r** *n* गड़बड़ करने वाला, अनाड़ी

fume^1 फ़्यूम *n* 1 (दुर्गन्धयुक्त) धुआँ, धूम, भाप, वाष्प, factory fumes कारखाने का धुआँ, 2 जोश, उत्साह, 3 क्रोध, **in a** ∼ क्रुद्ध

fume^2 *vt* & *i* 1 धुआँ देना, धूनी देना, 2 धूनी देकर सुगंधित करना, 3 *vi* धुआँ छोड़ना, (धुआँ) निकलना या उठना, 4 to ∼ **at sth** किसी बात पर ताव खाना, लालपीला होना, खीझना, **to fret and** ∼ (see fret^2,4)

fumigate फ़्यूमिगेट *vt* धुआँ देना, धूनी देना, धूनी देकर कीटाणुरहित या शुद्ध करना; सुगंधित करना; **fumigation** *n* धुँआरा, धूनी देना, धुआँ देना,धूमन

fun फ़न *n* 1 हँसी-मज़ाक, उपहास, दिल्लगी, ठठोली, **to make** ∼ **of, to poke** ∼ **at, s.o.** किसी की हँसी उड़ाना, किसी का उपहास करना; **for fun, in fun** (i) हँसी-मज़ाक में [He said this **in** *or* **for** ∼], (ii) दिल बहलाने के लिए [He did it for fun], 2 आमोद-प्रमोद, खेल तमाशा, आनन्द, मज़ा, **to have** ∼ आमोद-प्रमोद करना, आनन्द लूटना, दिल बहलाना; it's great ∼ इस में बड़ा मज़ा आता है; your new friend is great ∼ तुम्हारा नया मित्र बड़ा मज़ेदार आदमी है

funambulist फ़्यूनैम्ब्युलिस्ट *n* रस्सी पर चलने वाला, नट

function फ़न्क्शन *n* 1 (व्यक्ति का) विशिष्ट काम (जैसे न्यायाधीश का न्याय करना, चिकित्सक का चिकित्सा करना, अध्यापक का पढ़ाना, इत्यादि), कृत्य, कर्तव्य, काम धंधा, कार्य, व्यवसाय, ज़िम्मेवारी, 2 (वस्तु का) विशेष प्रयोजन, काम, वृत्ति, व्यापार, क्रिया [the ∼ of the heart, lungs. etc.], 3 उत्सव, सम्मेलन, समारोह, (धार्मिक) अनुष्ठान, 4 *math* फलन, श्रित; ∼**less** *a* कार्यरहित, क्रियारहित, प्रयोजनरहित

function^2 *vi* काम करना, काम देना (यन्त्र आदि का) चलना; कर्तव्य पालन करना

functional फ़न्क्शनल *a* 1 कार्यसंबंधी, वृत्तिसंबंधी, व्यापारसंबंधी, 2 ∼ **leadership** व्यवसायी वर्गों के नेतागण; ∼ **organisation** व्यवसायी वर्ग का संगठन; ∼ **representation** व्यवसायी वर्गों का प्रतिनिधित्व (व्यवसायी नेताओं के द्वारा न कि राजनीतिक नेताओं के द्वारा), 3 प्रयोजन पूरा करने वाला, काम करने वाला, (of organ) क्रियाशील, (of disease) अंग-विशेष के काम में गड़बड़ करने वाला, 4 (of building) कार्योपलक्षी

functionary फ़न्क्शनरि *n* & *a* 1 कर्मचारी, कर्मी, अहलकार, अधिकारी, *a* (*archaic*) प्रयोजन-संबंधी

fund^1 फ़न्ड *n* & *vt* 1 (किसी चीज़ का) भंडार, निधि, खज़ाना, संग्रह, राशि, a ∼ **of** knowledge ज्ञान का भंडार, 2 कोष, निधि, खज़ाना, पूंजी, (in *pl*) आर्थिक साधन, रुपया-पैसा, **to be in funds** मालदार होना, खर्च करने को रुपया-पैसा होना, 3 **the funds** सरकारी या राष्ट्रीय ऋण (जो कि जनता से उगाहा जाता है); ∼**-holder** सरकारी ऋण में रुपया जमा कराने वाला, 4 (*banking*) **no** ∼**s** खाते में रुपया नहीं हैं; *vt* 1 (अस्थायी या नियत-कालिक राष्ट्रीय ऋण को) स्थायी ऋण में परिवर्तित करना, **funded debt** स्थायी राष्ट्रीय ऋण, 2 राष्ट्रीय ऋण में रुपया लगाना, 3 सूद चुकाने के लिये रुपये की व्यवस्था करना

fundament फ़न्डमन्ट *n* नितम्ब; गुदा

fundamental फ़न्डमेन्टल *a* & *n* मौलिक, मूलभूत, मूलविषयक, आधारभूत आधारविषयक, बुनियादी, प्राथमिक, पहला, ज़रूरी; ∼ **rights** मूल अधिकार, बुनियादी हक ∼ **rules** मूल-नियम, a ∼ change मूलविषयक या मौलिक परिवर्तन, बुनियादी तबदीली, *mus*) ∼ **note** मूलस्वर; *n* (usu in *pl*) मूल, मूल तत्व, मूल सिद्धान्त [the ∼s of physics etc]; ∼**ly** *adv* मूलतः, मूल रूप से, बुनियादी तौर से (your contention is ∼ly wrong]

fundamentalism फ़न्डमेन्टलिज़्म *n* (ईसाई) धर्म के परम्परागत सिद्धान्तों में विश्वास, इंजील, वेद आदि को स्वतः प्रमाण मानना, **fundamentalist** रूढ़िवादी

fundamentality फ़न्डमेन्टैलिटि *n* मौलिकता, मूलभूत होना

funebrial फ़्यूनीब्रिअल *a* 1 अन्त्येष्टि क्रिया से संबंधित,2 शोकमय

funeral फ़्यूनरल *n* & *a* 1 अन्त्येष्टि, क्रियाकर्म, दफ़न, दफ़नाने की रस्म, 2 जनाज़े का जलूस, शवयात्रा, 3 (*colloq*) चिन्ता का विषय [He'll not pass the exam, but that's his ∼, not yours]; *a* अन्त्येष्टि-संबंधी [∼ rites], 2 अरथी का, जनाज़े का, मातमी [∼ procession]; ∼ **pile, pyre** चिता, ∼ **urn** पात्र जिसमें मृतक के फूल रखे जायँ, अस्थिपात्र, भस्मपात्र

funerary फ़्यूनररि = funebrial, 1

funereal फ़्यूनिअरियल *a* 1 अन्त्येष्टि जैसा, 2 शोकमय, विषादमय, मातमी

fungicide फ़ङ्गिसाइड *n* फफूंदी को नाश करने वाला पदार्थ, फफूंदनाशक, कवकनाशक

fungous फ़ङ्गस *a* 1 कुकुरमुत्ते-जैसा, कवक-जैसा, फफूंद-जैसा, 2 कुकुरमुत्ते की भांति एकाएक पैदा होने वाला, अचिरस्थायी, क्षणिक

fungus फ़ङ्गस *n* (*pl*-**gi**, ∼**es**) कुकुरमुत्ता, गुच्छी,

खुमी, छत्रक, ढिंगरी, फफूंद, भुकड़ी आदि, कवक

funicular फ़्यूनिक्युलर *a* & *n* रस्सी या रज्जु का, ~ **railway** रज्जु-रेल; *n* रज्जु–रेल

funk¹ फ़ङ्क *n* (*sl*) डर, भय, त्रास, **to be in a (blue) ~** बहुत डर जाना, भयभीत होना, त्रस्त होना, 2 **funk-hole** *mil* (i) खन्दक, खाई, (ii) सैनिक सेवा से बचने के लिए बहाना या कोई दूसरा काम

funk² *vi* & *t* 1 (काम से) जी चुराना, कतराना, किसी बात या काम से डरना [to ~ (doing) sth], 2 कायरता दिखाना, 3 (किसी से) डरना [to ~ s.o.]; **funky** फ़ङ्कि *a* (*sl*) डरा हुआ; डरपोक, भीरु, कायर

funnel फ़नल *n* 1 कीप, 2 (रेल के इंजन, जहाज़ आदि की) चिमनी, (सुरंग या गन्दी नाली आदि से) धुएँ या गंदी हवा के निकलने का छिद्र

funniment फ़निमन्ट *n* मज़ाक, दिल्लगी; मसख़रापन

funny फ़नि *a* & *n*: 1 हँसाने वाला, हँसोड़, मसखरा, मज़ाकिया ; He is trying to be ~ वह मज़ाक कर रहा है, 2 मज़ेदार, आनन्दप्रद, 3 विचित्र, विलक्षण, अजीव, निराला, जो समझ में न आये, हास्यजनक, a ~ taste अजीब स्वाद, a ~ idea अनोखी सूझ; विलक्षण विचार; ~ **business** दिल्लगी, मसख़रापन, (*sl*) अशिष्ट व्यवहार; धोखा, ठगी , *n* (esp. in *pl*) (समाचारपत्र में) हास्यचित्र

fur फ़र *n* & *vt* & *i* 1 समूर, पशुलोम, 2 समूर वाले जानवर, 3 समूरसहित खाल, लोमचर्म 4 (usu in *pl*) समूर के बने कपड़े, 5 केतली में जमी कैलशियम कार्बोनेट की पपड़ी, 6 ज़बान पर जमने वाली मैल (वि० बीमारी में); *vt* & *i* 1 समूर के कपड़े पहनाना, 2 ज़बान पर मैल जमना या जमाना, 3 केतली में कैलशियम कार्बोनेट की पपड़ी जमना

furbish फ़र्बिश *vt* 1 ज़ंग छुड़ाना, मांजना, रगड़ के चमकाना [to ~ a sword], 2 to ~ (up] (पुरानी चीज़ को) नया कर देना, ताज़ा करना

furcate फ़र्केट *a* & *vi* 1 (of road etc) दो शाखाओं वाला, द्विशाखित, 2 (of hoof) फटा हुआ, चिरा हुआ; *vi* द्विशाखित होना; **furcation** *n* द्विशाखित होना; द्विशाखन; द्विशाखा,

furious फ़्युअरिअस *a* 1 अत्यन्त क्रुद्ध, आग-बबूला, उन्मत्त, पागल, आपे से बाहर [to be ~ with s.o., at what s.o. has done], 2 भीषण, घोर, ज़बरदस्त, ज़ोरदार, घमासान [~ **battle**, struggle, etc], 3 तीव्र, तेज़; ~ pace अत्यन्त तीव्र गति, ~ storm तेज़ आंधी

furl फ़र्ल *vt* (पाल या बादबान को डंडे पर) लपेट कर बांधना, लपेटना, (छाते को) बंद करना, (पर्दे को) इकट्ठा करना, (तंबू, शामियाने आदि को) समेटना, (उम्मीद) छोड़ना; *vi* बन्द होना [This umbrella ~ neatly]

furlong फ़र्लोङ्ग *n* फर्लांग, मील का आठवां हिस्सा, २२० गज़, २०१ मीटर

furlongh फ़र्लो *n* (वि० विदेश-स्थित अधिकारी, सैनिक आदि की) छुट्टी [He's going home on four weeks' ~]

furnace फ़र्निस *n* 1 (धातुओं, खनिज पदार्थों को तपाने की) भट्ठी, 2 *fig* भट्ठी की तरह तपती हुई जगह [In summer, my room is a ~], 3 (*fig*) अग्निपरीक्षा, कठिन परीक्षा

furnish फ़र्निश *vt* 1 देना, प्रदान करना, पेश करना, प्रस्तुत करना, उपस्थित करना [to ~ information, details, funds]; **to ~ s.o. with sth; to ~sth to s.o.** किसी को कोई चीज़ प्रदान करना 2 फ़र्नीचर (मेज़, कुर्सी आदि) से सजाना, फ़र्नीचर लगाना [a **~d** room, flat, house], **~er** *n* मेज़-कुर्सी-विक्रेता, फ़र्नीचर बेचने वाला; **~ings** *n pl* (घर का) साज-सामान

furniture फ़र्निचर *n* 1 (मेज़-कुर्सी आदि) सामान, साजे, उपस्कर, फ़र्नीचर, 2 साथ की छोटी मोटी चीज़ें (*e.g.* handles and lock of door)

furore फ़्युरारि *n* हलचल, खलबली, हंगामा, तहलका [His remarks created a ~ in the house), 2 अत्यधिक शोक या प्रशंसा, जोशभरा स्वागत [The new film has created a ~]; 3 धुन, ख़ब्त

furrier फ़रिअर *n* समूरदार खालें बेचने वाला

furrow फ़रो *n* & *vt* 1 हल चलाने से धरती में बनी गहरी लकीर, खूड़, कूंड़, **to plough a lonely ~** बिना किसी की सहायता के या अकेले ही काम करते रहना, 2 पहिये की लकीर, जहाज़ चलने से उसके पीछे बनने वाली लकीर 3 लीक, नाली, खाई, 4 (माथे पर की) सिकुड़न, गहरी झुर्री, 5 खांचा, झिरी; *vt* 1 हल चलाना; कूंड़ बनाना, 2 (of ship) समुद्र में गहरी लकीर बनाना, जल को चीरते जाना, 3 झुर्रियां डालना, सिकुड़न डालना [It is age that has ~ed his face]

further¹ फ़र्दर *adv* & *a* 1 और, और आगे; इस के अतिरिक्त [Don't proceed ~; Don't question me ~], 2 (also **furthermore**, *esp. in introducing fresh consideration in argument*) पुनश्च , अपिच, इसके अतिरिक्त; *a* आगे का, बाद का, और अधिक, अतिरिक्त, नया [There will be no ~ enquiry. No ~ details are available]; Awaiting your ~ orders आपके नये आदेश की प्रतीक्षा में; **till ~ notice** *or* **order** नव सूचना या आदेश मिलने तक [N.B. *farther* and *further* are both used as *compar* of *far*, but with tendency to restrict *farther* to literal and *further* to secondary senses]

further² *vt* 1 बढ़ाना, आगे बढ़ाना, सहायता करना [to ~ a movement, cause, etc.], 2 पूरा करना, (मतलब) हल करना, (प्रयोजन या स्वार्थ) सिद्ध करना, साधना [to ~ one's own *or* s.o.'s interests]; **~ance** फ़र्दरन्स *n* सहायता, उन्नति,

(प्रयोजन-) सिद्धि, आगे बढ़ाना; **for the ~ance of sth**; **in ~ance of** something किसी काम को आगे बढ़ाने के लिए, कोई प्रयोजन सिद्ध करने के लिए; **~more** *adv* see further *adv*, 2

furthest फ़र्दिस्ट *a* & *adv* = farthest *q.v.*

furtive फ़र्टिव *a* 1 (of action etc.) गुप्त, प्रच्छन्न ,लुक-छिप कर या चोरी-छिपे किया हुआ, आंख बचा कर किया हुआ [in a ~ manner] 2 (of person) धूर्त, मक्कार, चालाक, **~ly** *adv* लुक-छिप कर, चोरी-छिपे, चोरी-चोरी, चोरी से

furuncle फ़्युअरङ्कल *n* फुंसी, फोड़ा, गिल्टी, रसौली

fury फ़्युअरि *n* 1 आवेश, क्रोधावेश, रोष, जोश, जनून, **to get into a ~** आग बबूला होना, आपे से बाहर होना, 2 (युद्ध में) उग्रता, भयङ्करता, भीषणता, प्रचंडता, 3 (आंधी-तूफ़ान, मौसम, रोग आदि का) प्रकोप, ज़ोर, प्रबलता, प्रचंडता, 4 **The Furies** (*GK myth*) पाप का दंड देने वाली (तीन) देवियां, 5 चण्डी, कर्कश स्त्री, झगड़ालू औरत

furze फ़र्ज़ *n* यूरोप के ऊसर मैदानों में उगने वाली सदाबहार झाड़ी जिसपर पीले फूल आते हैं

fuse^1 फ़्यूज़ *vt* & *i* 1 (धातु को) गलाना, गलना, पिघलाना, पिघलना, 2 गला कर मिलाना, गल कर मिलना, संगलित करना या होना, 3 *fig* दो वस्तुओं को मिलाकर एक करना, दो उद्देश्यों या दलों या संस्थाओं को मिला कर एक करना, मिलाना, मिल जाना, जोड़ना, जुड़ना, एक होना, 4 फ़्यूज़ लगाना; 5 *vi* (विद्युत् यन्त्र का फ़्यूज़ उड़ जाना, The light has fused फ़्यूज़ उड़ गया है, बत्ती बुझ गई है

fuse^2 *n* & *vt* बम का विस्फोट करने के लिए ज्वलनशील बत्ती, ज्वलनशील पदार्थ से भरी नलकी, पलीता, (चट्टानें उड़ाने के लिए) बारूदी बत्ती; *vt* पलीता लगाना

fusee फ्यूज़ी *n* (तेज़ हवा में सिगार आदि जलाने के लिए) बड़ी दियासलाई

fuselage फ़्यूज़िलिज, *n* हवाई जहाज़ का ढांचा, फ़्रेम, धड़

fusibility *n* (f. foll) गलनीयता, संगलनीयता

fusible फ़्यूज़-बल *a* (f. fuse^1) जिसे गलाया या पिघलाया जा सके, गलनीय, संगलनीय

fusil फ़्यूज़िल *n* (पुरानी किस्म की) तोड़ेदार बन्दूक

fusillade फ़्यूज़िलेड *n* & *vt* 1 तोप-बन्दूक के गोले-गोलियों की निरन्तर बौछार, (गोले-गोलियों की निरन्तर बौछार से किया गया) जनसंहार, कत्ले आम; 2 आलोचना की झड़ी, *vt* पर गोलियों की बौछार करना

fusion फ़्यूझ़न *n* (f. fuse^1) 1 पिघलना, पिघलाव, गलना, गलाव, संलगन, 2 (दलों, संस्थाओं आदि का) मिल कर एक होना, एकीकरण, विलयन, संलयन, संयोजन, मिलाप, मेल [a ~ of political parties], *phys* (also called nuclear ~) दो हल्के परमाणुओं को मिला कर एक भारी परमाणु बनाना (इस प्रक्रिया से बहुत ऊर्जा उत्पन्न होती है) 3 **~ bomb** = hydrogen bomb (हाइड्रोजन बम बनाने की भी यही प्रक्रिया है)

fuss^1 फ़स 1 खलबली, हड़बड़ी, भागदौड़, दौड़-धूप, हंगामा, शोर-गुल, 2 मामूली बात को दिया गया महत्व, बतंगड़ 3 आडम्बर, दिखावा, धूम-धाम 4 अनावश्यक ब्योरे को तूल देना, बहुत अधिक शिकायत या आलोचना करना; **to make a fuss of, over, s.o.** किसी के प्रति स्नेह या आदर का बहुत प्रदर्शन करना

fuss^2 *vi* & *t* 1 हड़बड़ाना, भाग-दौड़ या दौड़-धूप करना [to ~ about, to ~ up and down] 2 छोटी-छोटी बातों पर चिन्ता करना या शिकायत करना; बात का बतंगड़ बनाना, 3 **to ~ around** someone किसी के आगे-पीछे फिरना, 4 *vt* परेशान करना तंग, करना, सिर खाना [Don't ~ me]

fussiness *n* see foll.

fussy फ़सि *n* 1 बहुत दौड़-धूप करने वाला, हस्तक्षेप करने वाला, टांग अड़ाने वाला, 2 बात का बतंगड़ बनाने वाला, झगड़ालू, 3 नकचढ़ा, बहुत अधिक आलोचना करने वाला, तनिक त्रुटि या दोष को न सहन करने वाला [He is ~ **about** his clothes, food, etc] 4 (of dress) बहुत भड़कीला, आडम्बर-पूर्ण, नये फ़ैशन का

fustian फ़स्टिअन *n* 1 दुसूती की बुनाई का मोटा (प्रायः गहरे रंग का) कपड़ा, 2 शब्दाडम्बरपूर्ण भाषण या वक्तृता, डींग, गर्वोक्ति; *attrib* 1 मोटे कपड़े का बना हुआ, 2 डींग हांकने वाला; शब्दाडम्बरपूर्ण, घटिया, बेकार

fustigate फ़स्टिगेट *vt* (*joc*) डंडे लगाना; डंडों से पीटना; **fustigation** *n* डंडों की मार, डंडों से पिटाई

fusty फ़स्टि *a* 1 दुर्गन्धयुक्त, ~ smell बन्द कमरे की हवा जैसी गन्ध, दुर्गन्ध, 2 फफूंद युक्त, फफूंदीदार, उमसा हुआ, बासी, 3 पुराना-धुराना, दकियानूसी [~ ideas]

futile फ़्यूटाइल *a* 1 व्यर्थ, बेकार, फ़ज़ूल, बेफ़ायदा, निरर्थक. निष्फल [a ~ attempt] 2 (of person) तुच्छ, ओछा, छिछोरा, **futility** फ़्यूटिलिटि *n* 1 निरर्थकता, निष्फलता, 2 तुच्छता, ओछापन

futtock **फ़टक** *n* जहाज़ के पहलू के **मध्य** में लगने वाला वक्राकार शहतीर, जहाज़ की पसली, गोल गूढ़ा

future फ़्यूचर *a* & *n* 1 आने वाला, होने वाला, आगामी, भावी, भविष्य का, his ~ wife उसकी होने वाली या भावी पत्नी, 2 इस जीवन के बाद का, ~ life मरणोत्तर जीवन, भावी जीवन, 3 *commerce* वायदे का [~ delivery], *n* आने वाला समय, भविष्य; **in future** भविष्य में, आइन्दा; **for the future** आगे के लिए, भविष्य के लिए, 2 *gram* भविष्यत्काल; 3 (*commerce*) **futures** अगाऊ सौदे, वायदे के सौदे

futurity फ़्यूच्युअरिटि *n* आने वाला समय, भविष्य, भावी युग, भावी दशा, 2 मरणोत्तर जीवन, 3 (in *sing* or *pl*) आने वाली घटना या घटनाएँ

fuzz फ़ज़ *n* 1 (कंबल आदि का) रोआँ, 2 फूलाए हुए बाल, घुंघराले बाल [a ~ of hair]

fuzzy फ़ज़ि *a* 1 रोएँदार, फूला हुआ, 2 घुंघराला 3 धुंधला, अस्पष्ट, 4 **fuzzy-wuzzy** (i) सूडानी योद्धा (ii) अन्य देशों का रंगदार नागरिक, **fuzziness** *n* 1 अस्पष्टता, धुंधलापन, 2 घुंघरालापन

fylfot फ़िल्फ़ट *a* स्वस्तिक, स्वस्तिक के आकार का क्रास या क्रूस

Gg

G, g जी, अंग्रेज़ी वर्णमाला का सातवां वर्ण *abbrs*: **G.A.T.T.** गैट (General Agreement on Tarrifs and Trade) सीमाशुल्क तथा व्यापार-संबंधी सामान्य करार; **G.D.R.** (German Democratic Republic) पूर्वी जर्मनी; **G.H.Q.** (General Headquarters) प्रधान कार्यालय; **G.I.** (साधारण) अमरीकी सैनिक; **G.M.T.** (Greenwich mean time) लन्दन (की घड़ियों) का समय (भारतीय समय से सर्दियों में साढ़ेपांच घंटे और गर्मियों में साढ़ेचार घंटे पीछे) (also see Greenwich); **G.O.C.** (**-in-C.**) = General Officer Commanding (-in-Chief) प्रधान कमान-अफ़सर; **G.P.F.** (General Provident Fund) सामान्य भविष्य निधि; **G.P.O.** (General Post Office) बड़ा डाकघर

gab गैब *n* (*colloq*) वार्तालाप, (निरर्थक) बातचीत, गपशप, बक-बक; **to have the gift of the gab** (i) अच्छा वक्ता होना, धाराप्रवाह भाषण करने वाला होना, वाग्मी होना, (ii) वाचाल या बातूनी या बक्की होना

gabardine = gaberdine

gabble गैबल *vi & t* 1 तेज़-तेज़ या जल्दी-जल्दी बोलना, Don't gabble इतना तेज़ मत बोलो, 2 धाराप्रवाह बोलना, अस्पष्ट बोलना, ऊंचे स्वर में तेज़ी से पढ़ना, 3 *vt* to ~ **out** an address बड़ी तेज़ी से अभिभाषण पढ़ना

gaberdine गैबर्डीन *n* 1 ठोस बुनाई का बढ़िया कपड़ा, 2 (वि॰ मध्य युग के यहूदियों और भिखारियों का) ढीला-ढीला लबादा या चोग़ा

gabion गेबिअन *n* (धातु की पतरियों या बेत आदि की तीलियों का बना) बेलनाकार टोकरा (जिस में मिट्टी भर कर पुश्ता बनाते हैं); **gabionade** गेबिअनेड *n* (मिट्टी से भरे) बेलनाकार टोकरों की पंक्ति

gable गेबल *n* 1 दीवार का उपरला तिकोना भाग (जिस पर ढालू छत का अग्रभाग टिकता है), त्रिअंकी; ~ **roof** मध्य से दायें-बायें ढालू छत; तिकोनी छत; 2 (खिड़की या दरवाज़े पर) दायें-बायें ढालू छज्जा; ~ **window** ऐसे ढालू छज्जे वाली खिड़की

gad गैड *vi* (-dd-) 1 **to gad about** आवारा फिरना या घूमना, 2 (of plants) (esp. in *part*) खरपतवार की तरह फैलना; **gadabout** *n* & *a* आवारागर्द

gadfly गैड्फ़्लाइ *n* 1 पशुओं को काटने वाली मक्खी, गोमक्षिका, 2 तंग या परेशान करने वाला व्यक्ति

gadget गैजिट *n* 1 मशीन का छोटा पुर्ज़ा, 2 छोटा मोटा यन्त्र, कल, आला

gadroon गड्रून *n* (*archit*) सजावट के लिए उभरे हुए वक्रों की शृंखला, कमरख

Gael गेल *n* स्काटलैंड की सैल्ट जाति का व्यक्ति (see Celt)

Gaelic गैलिक *a* & *n* स्काटलैंड तथा आयर्लैंड की सैल्ट जाति का; *n* सैल्ट जाति की भाषा, गेलिक

gaff^1 गैफ़ *n* (बड़ी मछलियों को मारने का) तेज़ और कांटेदार भाला

gaff^2 *n* (*sl*) (निम्न वर्ग के लोगों के लिए थियेटर) या रंगशाला

gaffer गैफ़र *n* 1 बूढ़ा देहाती, वृद्ध ग्रामीण, बुड्ढा, 2 कर्मचारियों या कारीगरों का मुखिया, मुख्य कारीगर

gag^1 गैग *n* 1 आवाज़ को निकलने से रोकने के लिए मुंह में ठूंसी गई चीज़, 2 (*surg*) मुंह खुला रखने के लिए मुंह में डाला गया औज़ार, 3 *Parl* बहस बन्द करने का आदेश = closure, 4 *theatr* कथोपकथन में अभिनेता द्वारा अपनी ओर से जोड़े गये शब्द, चुटकुला, हास्यजनक कहानी आदि

gag^2 *vt* (see prec) 1 मुंह में कोई चीज़ ठूंस कर आवाज़ न निकलने देना, बोलने न देना, मुंह बन्द कर देना, [to gag, s.o., the press, etc], 2 (बहस) बन्द करने का आदेश देना, बहस रोक देना [to ~ **a debate**]

gage^1 गेज *n* 1 ज़मानत के तौर पर रखी गई चीज़, बंधक, रेहन, to give sth in ~ कोई चीज़ ज़मानत के तौर पर देना, 2 वचन, वायदा, ज़मानत,

3 लड़ाई की चुनोती (के तोर पर हाथ से उतार कर फेंका गया दस्ताना); **to throw down the ~ to s.o.** किसी को लड़ाई के लिए ललकारना या चुनोती देना

gage^{2} *vt* (*arch*) (कोई चीज़) ज़मानत के तोर पर रखना

gaggle गैगल *vi* & *n* (of geese) कुड़कुड़ाना, कट-कट करना, *n* (बत्तखों का) झुंड

gaiety गेअटी *n* (f. gay) 1 आनन्द, उल्लास, मज़ा, मोज, हँसी-खुशी, जिन्दादिली, विनोद-शीलता, 2 (*usu in pl*) मनोरंजन, आमोद-प्रमोद, उत्सव, रंगरलियां, 3 चमक-दमक, ठाठ-बाट, धूम-धाम, शान [Tri-coloured flags added to the ~ of the scene]

gaily गेलि *adv* (f. gay) 1 आनन्द से, उल्लसित होकर, हँसी-खुशी से, मज़ाक-में, 2 dressed ~ भड़कीली वेशभूषा में

gain^{1} गेन *n* 1 लाभ, प्राप्ति, आर्थिक लाभ; नफ़ा, मुनाफ़ा, 2 धनप्राप्ति, आय, आमदनी, 3 वृद्धि [a ~ in weight], उन्नति, तरक्की, सुधार [a ~ in health]

gain^{2} *vt* & *i* 1 पाना, प्राप्त करना, हासिल करना [to ~ experience, recognition, strength, etc] 2 कमाना, अर्जित करना, नफ़ा कमाना, 3 लाभ उठाना, लाभान्वित होना, 4 **to ~ the ear of s.o.** किसी को अपनी बात सुना पाना, (also **to ~ a hearing**) 5 *vi* बढ़ना, वृद्धि होना; He is gaining **in** weight उसका भार बढ़ रहा है, He is gaining in popularity उसकी लोकप्रियता बढ़ रही है; 7 *idioms*: **to ~ the upper hand** किसी पर विजयी या हावी होना, **to ~ ground** (i) (धीरे धीरे किन्तु निरन्तर) आगे बढ़ना, प्रगति करना, उन्नति करना, (ii) The belief is gaining ground यह विश्वास फैलता जा रहा है, दृढ़ होता जा रहा है, **to ~ a footing** पांव जमाना (also see footing), **to ~ one's point** वाद-विवाद में प्रतिपक्षी को पराजित करना, **to ~ on** *or* **upon** (i) (पीछे वाले व्यक्ति का आगे वाले के) निकट और निकटतर पहुंचना (ii) The sea is gaining **on** the land समुद्र भूमि को काटता जा रहा है; **to gain time** धीरे-धीरे काम करना (या कोई बहाना करना) जिससे कि और समय मिल जाये, (of clock) आगे निकल जाना [My watch ~s two minutes a day]

gainer गेनर *n* 1 लाभ उठाने वाला 2 विजय प्राप्त करने वाला, विजेता

gainful गेन्फ़ुल *a* 1 जिस से धन की प्राप्ति या कमाई या आमदनी हो, अर्थंकर, ~ **occupation** कमाई का धंधा, 2 लाभकर, लाभप्रद, लाभदायक

gainsay गेन्से *vt* (-said) खंडन करना, प्रतिवाद करना, इंकार करना, ग़लत बताना, अस्वीकार करना; **There is no gainsaying the fact that...** इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि...

gait गेट *n* चाल, चलने का ढंग, गति

gaiter गेटर *n* घुटने से टख़ने तक टांग को ढकने के लिए चमड़े या कपड़े का परिधान

gala गालः *n* 1 उत्सव, मेला, जलसा, आमोद-प्रमोद, 2 *attrib*: **gala dress** भड़कीली पोशाक, उत्सवोचित वेशभूषा, **gala day** उत्सव या मेले का दिन

galactic गलैक्टिक *a* (f. galaxy) आकाशगंगा या मंदाकिनी का, मंदाकिनीय

galanty show गलैन्टि शो *n* (*hist*) पर्दे पर कठपुतलियों की छाया डाल कर किया जाने वाला नाटक, छाया-नाटक

galaxy गैलक्सि *n* 1 अलग-अलग न दिखाई देने वाले तारों का समूह जो आकाश में नदी की भांति प्रतीत होता है, आकाशगंगा, 2 (चोटी के) विद्वानों, कलाकारों आदि की मंडली, भास्वरमंडली [a ~ of talent, beauties, etc]

gale गेल *n* 1 तेज़ हवा, 2 (*naut*) आंधी, तूफ़ान, झक्कड़, झंझा, झंझावात, 3 (*poet*) मन्द पवन, 4 धमाका, ठहाका [~s of laughter]

galipot गैलिपॉट *n* चीड़ का गोंद

gall^{1} गॉल *n* 1 पित्त (now only of lower animals), 2 कटु वस्तु, कड़वापन, कड़वाहट, कटुता, द्वेष, **~ and wormwood** कटुता और तीखापन; **to dip one's pen in ~** कटु लेख लिखना, लेख में ज़हर उगलना, 3 gall-bladder जिगर के निकट स्थित थैली जिसमें पित्त एकत्र होता रहता है, पित्ताशय, पित्ता, gall-stone पित्ताश्मरी

gall^{2} *n* वृक्षव्रण, माजूमक्खी के काटने से पेड़ पर बनने वाली ग्रन्थि या उभार, माजू, 2 =gall-nut माजूफल 3 ~-fly माजू-मक्खी

gall^{3} *n* 1 सूजन, जलन, छाला, फुंसी, फोड़ा, 2 त्वचा को रगड़ने से होने वाला घाव, खरोंच, 3 मानसिक कष्ट या पीड़ा, जलन, चुभन, मानभंग

gall^{4} *vt* 1 रगड़ कर घाव कर देना, 2 *fig* तंग करना, परेशान करना, नीचा दिखाना,; चुभना, अखरना, खलना [It is ~ing (to me) to have to ask for pardon] (also see galling)

gallant गैलन्ट *a* & *n* 1 वीर, शूरवीर, बहादुर, 2 (of ship, horse, etc) सुन्दर, शानदार, बढ़िया, उत्तम, **~ display** शानदार प्रदर्शन या नुमाइश 3 (स्त्रियों के प्रति) विशेषतः उदार या शिष्ट, 4 रसिक, रंगीला, प्रेमी; *n* छैला, बाँका, रंगीला, रसिया, प्रेमी, यार, जार, ~ly *adv* 1 वीरतापूर्वक, बहादुरी से, 2 शान से, शानदार ढंग से

gallantry गैलन्ट्रि *n* 1 वीरता, शूरता, शूरवीरता, शौर्य, **~ award** शौर्य पुरस्कार, 2 (स्त्रियों के प्रति) दाक्षिण्य, शिष्टता

galleon गैलिअन *n* जंगी जहाज (प्रायः स्पेन का)

gallery गैलरि *n* 1 बरामदा, दालान, दीर्घा;

(*Parl*) **visitors'gallery** दर्शक-दीर्घा, 2 (*theatr*) निम्नवर्ग के दर्शकों के लिए स्थान (जो सबसे ऊँचा होता है), बालाखाना. दीर्घा, गैलरी, 3 निम्नवर्ग के लोग, आम लोग, जनसाधारण, **to play to the ~** निम्नवर्ग के या आम लोगों को खुश करने का प्रयत्न करना, 4 कलाकृतियों की प्रदर्शनी के लिए स्थान या भवन, प्रदर्शन-कक्ष, चित्रशाला

galley गैलि *n* 1 (*hist*) गुलामों या कैदियों द्वारा चप्पुओं से चलाया जाने वाला पुराने ढंग का जहाज़, 2 प्राचीन ग्रीक या रोमन जंगी जहाज, 3 जंगी (जहाज़ के कप्तान की नौका, 4 (जहाज़ की) रसोई, रसोईघर, बावर्चीखाना, 5 *Print* टाइप के अक्षर बैठाने की ट्रे, गैली, **galley-proof** कागज़ की पर्ची पर उठाया गया प्रूफ़ (जो पूरे पृष्ठ का नहीं होता), 6 **galley-slave** चप्पुओं से जहाज़ चलाने वाला गुलाम, *fig* गुलाम की तरह अरुचिकर काम में जुटा रहने वाला व्यक्ति, कोल्हू का बैल

Gallic गैलिक *a* गाल (Gaul)देश का, प्राचीन फ्रांस का, (oft *joc*) फ्रांसीसी [~ wit, morals, etc]; **Gallicism** *n* (अंग्रेज़ी में) फ्रांसीसी प्रयोग या मुहावरा

gallic^2 *a* ~ **acid** अम्ल-विशेष जो स्याही बनाने में काम आता है , गैलिक अम्ल

galligaskins गैलिगैस्किन्ज़ *n pl* (*joc*) घुटनों से ज़रा ही नीचे तक की पतलून, बिरजिस

gallimaufry गैलिमॉफ़ि *n* बेमेल चीज़ों का मिश्रण. पंचमेल, घालमेल, खिचड़ी, गड्डमड्ड

gallinacean गैलिनेशन *n* मुर्गा, तीतर, बटेर आदि जाति का पक्षी, कुक्कुटादि पक्षी

gallinaceous गैलिनेशस *a* कुक्कुटादि जाति का

galling *a* (see gall^4) चुभने वाला [~ remark], कटु [~ experience], तंग करने वाला, गुस्सा दिलाने वाला [~ restrictions]

galliot गैलिअट *n* 1 हालैंड का मछली पकड़ने या माल ढोने का छोटा जहाज़, 2 छोटा जहाज़ जो प्रायः भूमध्यसागर में चलता है

gallipot गैलिपॉट *n* मिट्टी का छोटा बर्तन (लेप, मरहम आदि रखने के लिए)

gallium गैलिअम *n* हल्के नीले रंग की धातु-विशेष

gallivant गैलिवैन्ट *vi* (*colloq*) आवारा फिरना, आवारागर्दी करना

gallon गैलन *n* लगभग छः बोतल के बराबर द्रव की माप, गैलन

gallop गैलप *n* घोड़े या अन्य चौपाये की तेज़ से तेज़ चाल, सरपट, **at a ~, at full ~** सरपट दौड़ता हुआ

gallop^2 *vi* & *t* (of horse) सरपट दौड़ना 2 (of rider) (घोड़े को) सरपट दौड़ाना, सरपट दौड़ा ले जाना, 3 तेज़-तेज़ पढ़ना या बांचना, या बोलना या कविता पाठ करना [to ~ **through, over,** a letter, poem, etc], 4 (*med*) (रोग आदि का) तेज़ी से बढ़ना, ~**ing** consumption, inflation]

gallows गैलोज़ *n pl* (usu treated as *sing*) फांसी का तख़्ता, फांसी (की सज़ा), मृत्युदंड, **to send s.o.to the ~** फांसी की सज़ा देना; ~**-bird** फांसी देने योग्य व्यक्ति

Gallup poll गैलप्-पॉल *n* जनता के विभिन्न वर्गों के कुछ एक प्रतिनिधियों की राय के आधार पर आगामी निर्वाचन आदि के परिणाम की भविष्यवाणी, लोगों की राय का अन्दाज़ा, जनविचारसंग्रह [Method invented by U.S. statistician G.H, Gallup b. 1901]

galop गैलप *n* & *vi* एक प्रकार का अंग्रेज़ी नृत्य, *vi* नृत्य करना

galore गलॉर *adv* प्रचुर मात्रा में [Foodstuffs and whisky ~]

galosh गलॉश *n* जूते को कीचड़ आदि से बचाने के लिए उस पर चढ़ाने के लिए रबड़ आदि का जूता, ऊपरी-जूता

galvanic गैल्वैनिक *a* 1 (see foll) रासायनिक क्रिया से उत्पन्न, 2 *fig* आकस्मिक और ज़बरदस्त, बिजली का-सा [His speech had a ~ effect]

galvanism गैल्वनिज़्म *n* 1 *hist* रासायनिक क्रिया से पैदा की गई बिजली, 2 बिजली का चिकित्सा में प्रयोग [Galvani (an Italian, d. 1798) discovered the method]

galvanization *n* (see foll.) 1 प्राण फूंकना, पुनरुज्जीवन, 2 जस्ता चढ़ाना, यशद-लेपन

galvanize गैल्वनाइज़ *vt* 1 बिजली से इलाज करना; (*fig*) to ~ **into life** रूह फूंकना, जान डाल देना, जीवन का संचार करना, पुनरुज्जीवित करना; **to ~ s.o. into doing sth** कोई काम करने के लिये उत्तेजित या प्रोत्साहित करना; 2 जस्ता चढ़ाना, ~**d iron** (*abbr*. G.I.) जस्ता-चढ़ा लोहा, जस्तेदार लोहा

galvanometer गैल्वनॉमिटर *n* विद्युत् धारा मापने का यन्त्र, धारामापी

gambade, gambado गैम्बेड,-बेडो *n* 1 घोड़े की छलांग, 2 एकाएक भाग निकलना, पलायन, फ़रारी, 3 मौज, तरंग, मनमौजीपन

gambit गैम्बिट *n* 1 आरंभिक चाल (शतरंज में) 2 *fig* (बहस आदि में) प्रथम कथन, प्रथम कार्य; तरकीब, चालाकी

gamble गैम्बल *n* & *vi* & *t* 1 जूआ, द्यूत, 2 *fig* दुस्साहसपूर्ण कार्य जिसमें सफलता की संभावना बहुत कम हो; *vi* & *t* 1 जूआ खेलना, दांव लगाना, बाज़ी लगाना; to ~ on the Stock-Exchange शेयरों का सट्टा करना; 2 *vt* **to ~ sth away** कोई चीज़ जुए में हारना, [Yudhisthira ~d away his kingdom]; ~**r** *n* जुआरी

gambling *n* जूआ, द्यूत; ~**-house, ~-den,** जूआ-घर

gambol गैम्बल *n* & *vi*, (-ll-) उछल-कूद, कलोल,

कुलेल; *vi* उछलना-कूदना, उछल-कूद करना, कलोल करना

game^{1} गेम *n* 1 हंसी-मज़ाक, उपहास, दिल्लगी, **to make game of s.o.** किसी का उपहास करना, मज़ाक उड़ाना; 2 खेल, (खेल की) बाज़ी, **to be on one's ~** अच्छी तरह खेलना, **to be off one's ~** बुरी तरह खेलना, **to beat s.o. at his own ~** किसी को उसी का तरीका अपना कर हरा देना, **to play the game** (i) ईमानदारी से खेलना, नियम के अनुसार खेलना, (ii) (किसी काम में) नियम का पालन करना, ईमानदारी बरतना; **It's all in the ~** यह खेल के नियम के अनुसार ही है, 3 चाल, साज़िश, योजना, उद्देश्य, काम; What's his ~? उसकी चाल या उसका उद्देश्य क्या है ? वह चाहता क्या है ?; to play s.o.'s, ~ अनजाने में किसी दूसरे के काम में सहायता करना, **The game's up** खेल ख़तम; हम हार गये; सफलता असभव है; to play a deep ~ गहरी चाल चलना, **to play a double ~** दोहरी चाल चलना, 4 (as *collect noun*) (i) शिकार के जानवर, शिकार, वन्य पशु-पक्षी जिनका शिकार किया जाता है, (ii) वन्य पशु-पक्षियों का मांस; **big game** शिकार के बड़े जानवर, **small game** शिकार के छोटे जानवर, 5 *comb*: **gamekeeper** शिकार के जानवरों को पालने तथा उनकी रक्षा करने वाला, शिकार-रक्षक; **~-laws** शिकार के कानून, **~-licence** शिकार का लाइसेंस, **~-preserve** (शिकार के जानवरों के लिए) सुरक्षित वन (जहां शिकार की मनाही हो), पशुविहार

game^{2} *a* हिम्मती, साहसी, दिलेर, कृतसंकल्प, करने को तैयार; **to be ~** साहस या हिम्मत रखना; काम करने की शक्ति रखना; He is ~ **for** anything, **to do** anything वह सब कुछ करने को तैयार है, करने का साहस रखता है

game^{3} *vi* जूआ खेलना, **gaming-house**= gambling-house

game^{4} *a* (of leg, arm, etc.) कटा हुआ, टूटा हुआ; **~-legged** लंगड़ा

gamesome गेम्सम *a* खेलने का शौकीन, विनोदप्रिय, ज़िन्दादिल

gamma गैम: *n* ग्रीक वर्णमाला का तीसरा वर्ण= ग; **~ rays** *or* **radiation** रेडियो-एक्टिव पदार्थों से निकलने वाली एक प्रकार की किरणें, गामा-किरणें

gammon^{1} गैमन *n* सूअर के पुट्ठे आदि के मांस का टुकड़ा

gammon^{2} *n, int & vt & i* ढकोसला, धोखा, दम-बुत्ता, *int* बकवास ! ; *vt* बहकाना, धोखा देना; *vi* झूठी बातें करना

gamp गैम्प *n* (*colloq*) बड़ा छाता

gamut गैमट *n* 1 (*mus*) संगीत के सातों स्वर, सरगम, स्वरग्राम, 2 स्वर या आवाज़ का आयाम, 3 (किसी चीज़ का) पूरा विस्तार या फैलाव, समस्त क्षेत्र, सारा सिलसिला, सारे पहलू; the entire ~ of Indo-Pak relations भारत-पाकिस्तान संबंधों का समस्त क्षेत्र, संबंधों के सभी पहलू

gamy गेमि *a* 1 हिम्मती, साहसी, दिलेर 2 *cook* शिकार की गंध वाला

gander गैन्डर *n* 1 नर-हंस; **What is sauce for the gander is sauce for the goose** जो एक के लिए अच्छा है सो दूसरे के लिए भी अच्छा है [*This expr is used as a retort*], 2 मूर्ख, बुद्धू

gang^{1} गैङ्ग *n* (कैदियों, गुलामों, कर्मियों की) टोली, दल, जत्था; (मिल कर, वि० बुरा काम करने वालों *e.g.* डाकुओं, ठगों का) गुट, गिरोह; मंडली, 2 एक साथ के औज़ार, कुलक, समूह [~ of tools]; 3 **~-board ~plank** *nn* नाव पर चढ़ने-उतरने का तख़्ता, तागड़

gang^{2} *vi & t* 1 (usu **gang up**) मिल कर काम करना, मिल जाना, गुट बना लेना [The dissidents have **ganged up against** the party leader], 2 (औज़ारों को) क्रम से रखना

ganger^{3} गैंगर *n* कर्मी-दल का मुखिया, चौधरी, जमादार, फ़ोरमैन

Gangetic गैन्जेटिक *a* गङ्गा का, गाङ्गेय

ganglion गैङ्गलिअन *n* 1 तंत्रिका पर की ग्रन्थि या गँडिका, तंत्रिकाओं की गुच्छिका, तन्त्रिका-केन्द्र, 2 *fig* शक्ति-केन्द्र, आकर्षणकेन्द्र; कार्यकलाप या सरगर्मियों का केन्द्र

gangrene गैङ्ग्रीन *n & vi & t* 1 शरीर के अङ्ग का गलन, विगलन, कोथ, 2 *fig* भ्रष्टाचार, *vi & t* (अङ्ग का) गल जाना, (अङ्ग को) गला देना; **gangrenous** *a* (of part of body) गला हुआ, गलित, विगलित, कोथयुक्त

gangster गैङ्गस्टर *n* (डाकुओं आदि के) दल का सदस्य, गुंडा, डाकू, बदमाश, लुटेरा; **~ism** *n* गुंडापन, गुंडागर्दी, डाकाज़नी

gangway गैङ्गवे *n* 1 जहाज़ में ऊपर-नीचे जाने की सीढ़ी, 2 जहाज़ से तट पर आने-जाने की पुलिया, 3 *Parl* (संसद्, थियेटर आदि में) कुर्सियों की कतारों के बीच का तंग रास्ता, मार्गिका

gannet गैनिट *n* समुद्री पक्षी-विशेष

gaol, jail जेल *n & vt* जेल, जेलख़ाना, कारागार, बन्दीगृह, कैदख़ाना; **gaol-, jail-bird** क़ैदी, बार-बार जेल जाने वाला, जेल-यात्री; *vt* जेल में डालना, कैद करना [N.B. *All recent dictionaries give preference to the forms* with J]

gaoler, jailer, jailor जेलर *n* जेल का दारोग़ा

gap गैप *n* 1 दरार, दरज, टूट, छिद्र, छेद, 2 अन्तर, अन्तराल, दूरी, देरी, 3 ख़ाली जगह, 4 कमी, त्रुटि, **to bridge, close, fill, stop, a gap** (i) दरार भरना या बन्द करना, ख़ाली जगह भरना (ii) कमी पूरी करना या दूर करना, 5 (विचारों आदि का) अन्तर, भेद, भिन्नता, फ़र्क, **credibility ~** दो वर्गों को एक-दूसरे की बात सच मानने में कठिनाई; विश्वास करने की कठिनाई; **generation ~** नई

और पुरानी पीढ़ी को एक-दूसरे को समझने-समझाने में कठिनाई; इनमें विचारों का अन्तर, पीढ़ी का अन्तर

gape गेप *vi & n* 1 (of person) पूरा मुँह खोलना, (of bird) पूरी चोंच खोलना, 2 उबासी या जंभाई लेना, 3 हैरान हो कर देखना, आँखें फाड़-फ़ाड़ कर देखना, (किसी का) मुँह ताकना [to gape at s.o. *or* sth]; *n* उबासी, जंभाई; फटन, छिद्र, दरार

garage गैराज, गैराश्ज *n* मोटर-घर, गैराज

garb गार्ब *n & vt* 1 पोशाक, पहरावा, पहनावा, परिधान, वेश, भेस; in the garb of a sadhu साधु के भेस में, 2 कपड़े पहनने का ढंग, वेश-भूषा; *vt* (usu in *pass* or *refl*) पोशाक पहनाना, भेस बनाना

garbage गार्बिज *n* 1 कूड़ा-करकट, कचरा, मल, गन्दगी, घर की बची-खुची चीज़, उच्छिष्ट, जूठन, 2 अश्लील या रद्दी साहित्य

garble गार्बल *vt* (विवरण, रिपोर्ट आदि के) ऐसे अंशों को चुनना और प्रस्तुत करना जिनसे भ्रान्ति पैदा हो, ग़लत रंग में पेश करना, तोड़-मरोड़ कर पेश करना, काट-छाँट कर विकृत या भ्रष्ट कर देना [to ~ an account, a report, etc

garden[1] गार्डन *n & vi* 1 बाग़, उद्यान, वाटिका, पुष्पवाटिका, फुलवाड़ी, बगीचा, **to lead s.o. up the ~ (path)** *colloq* गुमराह करना, बहकाना; फुसलाना; 2 **the Garden** ग्रीक दार्शनिक ऐपिक्यूरस (Epicurus), उसके अनुयायी तथा उसके सिद्धान्त (see epicurean); 3 *comb*: kitchen ~, vegetable ~ शाक-वाटिका, शाक-सब्ज़ी का बगीचा; **tea-~** चाय बागान; **~-party** उद्यान-भोज; **~-stuff** शाक-सब्ज़ियां और फल आदि; 4 *vi* बाग़ या बगीचा लगाना, पेड़-पौधे लगाना, शाक-सब्ज़ियां आदि उगाना, बाग़बानी करना; **~er** *n* माली, बाग़बान; **~ing** *n* बाग़बानी

garfish गार्फ़िश *n* (*pl* same) एक प्रकार की (लम्बी थूथनी वाली) मछली

gargantuan गार्गैन्ट्युअन *a* बहुत बड़ा, बृहदाकार, दैत्याकार, विशालकाय

gargle गार्गल *vt & i & n* गर-गर ध्वनि करते हुए (गला) धोना, गरारा करना; *n* गरारा; गरारे करने की दवा

gargoyle गार्गॉइल *n* (*archit*) परनाले के आगे बनी हुई मनुष्य या जानवर के सिर या शरीर के आकार की टोंटी, परनाला

garish गेंअरिश *a* (of dress etc) भड़कीला, तड़क भड़क वाला, शोख़ रंग वाला, चमकीला, 2 (of light) चौंधियाने वाला, चकाचौंध करने वाला, तेज़; **~ness** *n* चकाचौंध, बहुत तड़क-भड़क, (रंग की) शोख़ी

garland गार्लन्ड *n & vt* 1 (गले में या सिर पर पहनने के लिए) माला, हार, गजरा, 2 (विजेता को दिया जाने वाला) पुरस्कार, सम्मान, 3 संकलन, काव्यमाला; *vt* हार या माला पहनाना, मालाओं से सजाना; हार का काम देना

garlic गार्लिक *n* लहसुन; **~ky** *a* लहसुन-जैसा, लहसुन की गन्ध वाला, लहसुन के स्वाद वाला, लहसुनी

garment गार्मन्ट *n* 1 (पहनने का) कपड़ा या वस्त्र; in *pl* कपड़े, वस्त्र, पोशाक, पहनावा, पहरावा, 2 बाह्य परिधान, आवरण

garner गार्नर *n & vt* (*poet & rhet*) अनाज-भंडार, धान्यागार, खत्ता, गोदाम; *vt* जमा करना, इकट्ठा करना, संचित करना

garnet गार्निट *n* रक्तमणि, याकूत, तामड़ा

garnish[1] गार्निश *vt* 1 (वि० मेज पर लाने से पहले) खाने की प्लेट को सजाना; अलंकृत करना 2 *law* व्यक्ति (वि० ऋणी) को कुर्की का नोटिस देना

garnish[2], (also **garnishing**) *n* 1खाने की प्लेट को सजाने की चीजें, 2 *fig* (साहित्यशास्त्र के) अलंकार

garniture गार्निचर *n* 1 उपकरण, सहायक वस्तुएं, साथ की चीजें, साज-सामान, 2 खाने की प्लेट को सजाने की चीजें

garotte (see garrote)

garret गैरिट *n* सब से ऊपर की मंज़िल का कमरा (जो किराये में सस्ता होने के कारण प्रायः किरायेदार की दरिद्रता का सूचक है), अटारी, बरसाती, **~eer** *n* सब से ऊपर की मंज़िल में रहनेवाला; दरिद्र या घटिया साहित्यकार

garrison[1] गैरिसन *n* किले या नगर की रक्षा के लिए रखी गई सेना, दुर्गसेना, गढ़सेना; **~ town** नगर जिसमें सेना रखी गई हो; **~ troops** दुर्ग या नगर में तैनात सेना; garrison duty (सैनिक का) दुर्ग या नगर में रहना दुर्ग-नियुक्ति

garrison[2] *vt*, to ~ a town नगर में सेना रखना या तैनात करना; to ~ troops सेना को किले या नगर में रखना या तैनात करना

garrotte गरॉट *n & vt* गला घोंट कर अपराधी को मृत्युदंड देने का स्पेनिश तरीका; मृत्युदंड देने के लिए गला घोंटने का यन्त्र; *vt* दंड देने के लिए या लूटने के लिए) गला घोंट कर मारना; **~r** *n* गला घोंट कर पथिकों को मारने वाला लुटेरा

garrulity गरूलिटि, **garrulousness** *nn* वाचालता, बातूनीपन

garrulous गैरूलस *a* 1 बहुत बातें करने वाला, बातूनी, वाचाल, गप्पी, 2 (of bird) चहकता हुआ, (of stream) कल-कल निनाद करती हुई, 3 (of style, discourse) शब्दाडम्बरपूर्ण

garter गार्टर *n & vt* 1 मोजा या जुर्राब बांधने का फ़ीता, गेटिस, 2 **the G~** इंग्लैंड के नाइटों (knights) का सर्वोच्च पद या वर्ग; इस वर्ग का चिन्ह या बिल्ला; *vt* गेटिस बांधना

garuda skt *n* गरुड़; इन्डोनेशिया का राष्ट्रीय चिन्ह

gas[1] गैस *n* 1 गैस (आक्सीजन, नाइट्रोजन

आदि), 2 जलाने की गैस (also lighting ~), natural ~ धरती से निकलने वाली जलाने की गैस, प्राकृतिक गैस, 3 गैसोलीन, पैट्रोल [*abbr* of gasoline], 4 बेमानी बातें, बकवास, बक बक, डींग, वाग्जाल, शब्दाडम्बरपूर्ण भाषण; 5 **laughing** ~ हँसाने की गैस (जिसे सूंघने पर व्यक्ति अकारण हँसने लगता है); **lighting** ~ जलाने की गैस; **poison** ~ (युद्ध में शत्रु पर छोड़ी जाने वाली) ज़हरीली गैस, **tear-**~ अश्रु-गैस, आँसू लाने वाली गैस; 6 *comb*: ~**-bag** (i) गैस का थैला, (ii) (*contempt*) बेमानी बातें या बक-बक करने वाला, डींग हांकने वाला; ~**-helmet**, ~**-mask** ज़हरीली गैस से बचाने वाली टोपी, गैस-मास्क, ~**-shell** गैस-बम (जिसमें जहरीली गैस, प्राय: तरल रूप में भरी रहती है)

gas^2 *vt* & *i* (-ss-) (शत्रु पर) जहरीली गैम छोड़ना, *vi* (of speaker) भाषण झाड़ना; डींग हाँकना

gasconade गैस्कनेड *n* डींग, शेख़ी, गर्वोक्ति

gaseous गैसिअस *a* गैस-का, गैस-जैसा, गैस-रूप, गैसीय

gash गैश *n* & *vt* (तलवार, छुरे, उस्तरे आदि का) लम्बा और गहरा घाव, चीरा; *vt* गहरा घाव करना [to ~ one's hand, to ~ one's chin in shaving]

gassify गैसिफ़ाइ *vt* गैस-रूप में परिवर्तित करना, गैस बनाना

gasket गैस्किट *n* 1 (*engin*) यन्त्र के जोड़ में ख़ाली जगह भरने के लिए रबड़ या प्लास्टिक आदि का टुकड़ा या डोरी या चक्कर (जो गैस आदि निकलने नहीं देता), गास्केट, 2 *naut* लपेटे हुए पाल को डंडे के साथ बांधने की रस्सी

gasolene, -line गैस-लीन *n* पैट्रोल, गैसोलीन

gasometer गैसॉमिटर *n* (*chem*) गैस-पात्र, 2 गैस का हौज़ (जिसमें से नाप कर गैस वितरित की जाती है)

gasp^1 गास्प *vi* & *t* & *n* 1 हाँफना, सांस फूलना [to ~ **for** breath], to ~ **with** astonishment चौंक उठना, चौंक पड़ना, चकित होना, धक् से रह जाना; 2 *vt* **to gasp life away, out** दम तोड़ना, प्राण त्यागना; to ~ **out** हाँफ़ते हुए कहना या बोलना; *n* हाँफी, हाँफा **to be at one's last gasp** आख़री दम पर होना, दम निकलने को होना, मरणासन्न होना 5 *fig* थक कर चूर होना, निढाल होना

gassy गैसि *a* 1 गैस का, गैस-जैसा, गैस से भरा हुआ; 2 (of talk etc) बेमानी, निरर्थक, थोथा, निस्सार, शब्दाडम्बरपूर्ण

gastric गैस्ट्रिक *a* मेदे का, आमाशय का; ~ **fever** (*pop*) मियादी बुख़ार, मोतीझरा, टाइफ़ाइड; ~ **juice** आमाशय-रस (जो भोजन पचाने में सहायता करता है)

gastritis गैस्ट्राइटिस *n* आमाशय-शोथ, जठर-शोथ

gastro-enteric गैस्ट्रो-एँन्टेरिक *a* आमाशय और आन्तों का, **gastro-enteritis** गैस्ट्रो-एँन्टराइटिस *n* आमाशय और आन्तों की सूजन, जठरान्त्र-शोथ

gastrology गैस्ट्रॉल-जि *n* आमाशय की रचना तथा उसके रोगों का विज्ञान, जठरविज्ञान

gastronome गैस्ट्रनोम *n* अच्छे भोजन का पारखी, अच्छा खाने-पीने वाला; **gastronomy** गैस्ट्रॉनमि *n* अच्छा खाने-पीने की विद्या, उदर-सेवा

gate गेट *n* 1 द्वार, पुरद्वार, नगरद्वार, फाटक, दरवाज़ा, 2 आने-जाने का मार्ग, प्रवेशमार्ग, प्रवेशद्वार, निर्गमद्वार 3 *sport* प्रवेशद्वार पर टिकट खरीद कर मैच देखने वाले; **gate-money** गेट पर टिकटों की विक्री से प्राप्त रुपया, 4 **to gate-crash** बिना टिकट या बिना-निमन्त्रण घुस आना; **gate-crasher** बिना टिकट या बिना निमन्त्रण घुसने वाला, अनिमन्त्रित अतिथि; 5 **gate-keeper** द्वारपाल, दरबान; 6 **gateway** = 1 & 2 senses above

gather गैदर *vt* & *i* 1 (of persons) इकट्ठा करना या होना, जमा करना या होना; (of things) संचय करना, बटोरना, बीनना, चुनना, to ~ flowers फूल तोड़ना या चुनना, to ~ firewood जलाने की लकड़ी बीनना, to ~ the harvest फ़सल काटना; **A rolling stone** ~**s no moss** (i) *lit* लुढ़कते हुए पत्थर पर काई नहीं जमती, (ii) *fig* बार-बार व्यवसाय बदलने वाला व्यक्ति प्रगति नहीं करता, 2 समेटना; चुन्नट डालना, to ~ up one's Sari, skirt, etc. साड़ी, लहँगे आदि को समेटना; 3 **to be** ~**ed to one's fathers** मरना; 4 **to** ~ **one's thoughts** विचारों या मन को एकाग्र करना, सोचने का प्रयत्न करना, 5 **to** ~ **strength** (रोगी के शरीर में) ताकत आना, 6 **to** ~ **speed** गति तेज़ होना [The train is ~ing speed]; 7 to ~ breath दम मे दम आना; 8 समझना, नतीजे पर पहुँचना [I ~ from the papers that war is imminent], 9 *vi* (*of boil*) to gather to a head (i) फुँसी-फोड़े का पकना (ii) (मामले या स्थिति का) चरमावस्था को पहुंचना, 10 बढ़ना, इकट्ठा होना, ढेर लगना; The story gathered like a snowball कहानी में नई नई बातें जुड़ती गईं; कहानी का विस्तार होता गया; **A storm is gathering** आंधी उठ रही है

gathering गैदरिङ्ग *n* 1 इकट्ठ, जमघट, जमाव, भीड़; 2 सम्मेलन, सभा, मजलिस

gathers गैदर्ज़ *n pl* 1 चुन्नट, 2 सिलवटें

gauche F गोश *a* गँवार, अशिष्ट, फूहड़, **gaucherie F** गोशरि *n* अशिष्टता, अशिष्ट व्यवहार, फूहड़पन

gaud गॉड *n* 1 नुमाइशी चीज़, भड़कीली वस्तु, 2 in *pl* नुमाइशी रस्म, जलसा, समारोह, उत्सव

gaudiness *n* नुमाइशीपन, कुरुचिपूर्ण तड़कभड़क, चमक दमक

gaudy^1 गा ँडि *n* 1 वार्षिक समारोह, उत्सव, भोज, 2 उत्सव का दिन

gaudy^2 *a* 1 नुमाइशी, कुरुचिपूर्ण, 2 (of colour, dress) शोख़, भड़कीला, चटकीला, चमकीला, तड़क भड़क का, चमक दमक वाला, 3 (of style) आडम्बरपूर्ण, अलङ्कारबहुल

gauge^1 गेज *n* 1 नाप, माप, पैमाना, मापदंड, मानदण्ड, 2 क्षमता; समाई, विस्तार, परिमाण; **to take the ~** of s.o., sth (i) किसी की क्षमता या योग्यता का अन्दाजा लगाना, योग्यता की थाह लेना, (ii) नापना, 3 रेल की लाइनों के बीच का अन्तर, पटरी की चौड़ाई [~ of the track]; **broad ~** बड़ी लाइन या पटरी; **metre ~** छोटी लाइन; **narrow ~** सँकरी लाइन 4 धातु की चद्दर या तार की मोटाई; (गोली का) व्यास 5 (ऊँचाई, गहराई, परिमाण, शक्ति आदि) नापने का आला; पैमाना; **rain-~** वर्षा नापने का आला, वर्षामापी; **oil-~** (यन्त्र आदि में) तेल की मात्रा का सूचक, तेल-मापक

gauge^2 *vt* 1 (लम्बाई, चौड़ाई, मोटाई, गहराई, समाई, भार आदि) नापना, मापना, आँकना; to ~ sth by the eye देखकर या आँख से अन्दाजा लगाना, 2 (क्षमता, योग्यता आदि का) अनुमान या अन्दाज़ा लगाना, थाह लेना [to ~ s.o.'s capacities etc]

Gaul गॉल *n* 1 फ्रांस (का प्राचीन नाम), 2 प्राचीन फ्रांस का निवासी, 3 *joc* (आधुनिक) फ्रांसीसी (see Frank)

gaunt गॉन्ट *a* 1 दुबला-पतला, मरियल, कृशकाय, (भूख, रोग आदि के कारण) बुरे हाल में, 2 (of place) सुनसान, उजाड़, वीरान [a ~ hillside]

gauntlet^1 गॉन्ट्लिट *n* 1 *hist* लोहे का दस्ताना, फ़ौलादी दस्ताना; **to fling, throw, down the ~ to s.o.** किसी को चुनौती देना, ललकारना; **to pick, take, up the ~** चुनौती स्वीकार करना, 2 (मोटर आदि के चालक, क्रिकिट में विकिट के पीछे खड़े होने वाले खिलाड़ी के पहनने का) लम्बा दस्ताना

gauntlet^2 *n* 1 (*mil*) **to run the ~** डंडों से प्रहार करने वाले व्यक्तियों की दो कतारों के बीच से हो कर जाना; भारी संकट से गुज़रना. 2 (*fig*) to run the gauntlet (of criticism) निरन्तर आलोचना का लक्ष्य या निशाना बनना

gauze गॉज़ *n* 1 रेशमी या सूती जाली, 2 तार की महीन जाली (also wire ~), 3 हल्की धुंध; **gauzy** *a* जाली-जैसा, महीन, छिद्रयुक्त

gawk गॉक *n* शर्मीला या झेंपू या अनाड़ी या फूहड़ व्यक्ति; **gawky** गॉकि *a* शर्मीला, झेंपू, अनाड़ी, फूहड़

gay गे *a* (-er,-est), 1 प्रसन्नचित्त, आनन्दित, उल्लसित, खुशमिज़ाज, ज़िन्दादिल, विनोदशील, 2 उल्लासमय, आनन्दमय; आनन्ददायक [~ music] 3 **to lead a ~ life** आनन्द-विलास या भोग-विलास का जीवन बिताना; to have a ~ time खूब मजे करना, मौज उड़ाना 4 *euphem* लम्पट, विलासी, व्यसनी, व्यभिचारी; ~ woman वेश्या, 5 भड़कीला, चटकीला, शोख़, [~ colours]; जगमग, जगमगाता हुआ, सजा हुआ [streets ~ with flags]

gaze गेज़ *n* & *vi* स्थिर दृष्टि, निर्निमेष दृष्टि, टकटकी, *vi* स्थिर दृष्टि से देखना, निर्निमेष दृष्टि से देखना, टकटकी लगा कर या बांध कर देखना, एक टक देखना [to ~ **at, on, upon, s.o., sth**]

gazelle गज़ेॅल *n* एक प्रकार का सुन्दर हिरन, चिकारा

gazette^1 गज़ेॅट *n* & *vt* राजपत्र, सरकारी (साप्ताहिक, पाक्षिक आदि) समाचारपत्र (जिसमें अधिकारियों की नियुक्ति, बदली आदि की तथा अन्य सरकारी सूचनाएं छपती हैं), गज़ट; *vt* 1 राजपत्र या गज़ट में प्रकाशित करना या घोषित करना, 2 (of officer) to be ~d राजपत्रित होना, राज-पत्रित अधिकारी नियुक्त होना

gazetteer गैज़िटिअर *n* भौगोलिक (जानकारी का) कोश, भौगोलिक विवरणिका; राजविवरणिका

gazogene गैज़-जीन *n* द्रव में गैस भरने या सोडावाटर बनाने की मशीन

gear^1 गिअर *n* 1 (घोड़े आदि का) साज, 2 जहाज़ के रस्से-रस्सियां, 3 उपकरण, औज़ार, कल-पुर्ज़े, साज-सामान; household gear घर के बर्तन आदि, 4 (*mech. engin*) (यन्त्र का) दान्तेदार पहिया, दान्तेदार पहियों का सिलसिला (जिनमें से एक के दान्ते दूसरे में और दूसरे के तीसरे में फँसे रहते हैं और एक पहिये के चलने से दूसरे चलते हैं), गरारी, 5 (of machine) **in gear** काम करता हुआ, चलता हुआ, चालू; **out of gear** काम न करता हुआ, बिगड़ा हुआ, गड़बड़, ठप, बन्द, **to throw** (machinery etc) **out of ~** (यन्त्र आदि को) बिगाड़ देना, गड़बड़ कर देना, ठप कर देना, अव्यवस्थित कर देना, 6 **high ~** वह गरारी या पुर्ज़ा जिससे साइकल, मोटर आदि वाहन तेज़ चलता है, (*fig*) तेज़ रफ़्तार; **low ~** वह पुर्ज़ा जिससे वाहन धीरे चलता है, (*fig*) धीमी गति या रफ़्तार, 7 **top ~** सब से तेज़ रफ़्तार; **bottom ~** सब से धीमी रफ़्तार, 8 **to change ~** गति या रफ़्तार बदलना

gear^2 *vt* & *i* 1 (बैल, घोड़े आदि को) जोतना, 2 गरारियों को एक-दूसरे से जोड़ना; (यन्त्र को) चालू करना; 3 **to gear up** गति या रफ़्तार तेज़ करना; **to ~ down** रफ़्तार धीमी करना; 4 **to ~ sth to sth** एक चीज़ को दूसरी से जोड़ना, के अनुकूल या अनुरूप बनाना [The country's economy must be ~ed to wartime requirements]

gecko गे`को *n* (*pl* ~s *or* ~es) छिपकली

geese गीस *n pl* of goose

geezer गीज़र *n* (*sl*) बूढ़ा खूसट; बुढ़िया

gehenna गिहे`नः *n* नरक, जहन्नुम

geisha गेशा *n* जापानी नर्तकी या वारविलासिनी

geist Gगाइस्ट *n* 1 मन, बुद्धि, आत्मा 2 मनस्विता, मननशीलता, बौद्धिकता

gelatin(e) जे`लटीन *n* 1 (खालों, स्नायुओं, हड्डियों आदि को उबालने से प्राप्त होने वाला) सरेस, जिलेटिन, 2 जेली (jelly) बनाने का पाउडर, 3 **blasting** ~ विस्फोटक जिलेटिन

gelatinous जिलैटिनस *a* 1 जिलेटिन का, 2 जिलेटिन की तरह गाढ़ा

geld गे`ल्ड *vt* 1 (घोड़े, बैल आदि को) खस्सी करना, बधिया करना, 2 **gelding** गे`ल्डिन्ग *n* खस्सी घोड़ा, खस्सी बैल आदि

gelid जे`लिड *n* बहुत ठंडा, सख्त सर्द, अति शीतल, बरफ़-जैसा, बरफ़ीला

gem जे`म *n* 1 कीमती पत्थर, रत्न, मणि, नग, नगीना, जवाहर, 2 बहुमूल्य वस्तु, विशेष सौन्दर्य-सम्पन्न वस्तु, 3 (किसी चीज़ का उत्कृष्ट अंश या भाग, (संग्रह या समुदाय की) सर्वोत्कृष्ट वस्तु [the ~ of the collection]: ~**med** *a* रत्नजटित

gemeinschaft G गमाइन्-शाफ़्ट *n* बन्धुत्व; साझा, साझेदारी; संघ

geminate *a* (of leaves etc) दो-दो जुड़े हुए; दोहरे, युग्मी; *vi* वैसा एक और बनाना, द्वित्व करना; जोड़े बनाना

Gemini जे`मिनि *n* (*astron*) मिथुन राशि

gemmiferous जे`मिफ़रस *a* 1 रत्न पैदा करने वाला; (प्रदेश) जहां कीमती पत्थर पाये जाते हों, 2 जिस पर कलियां आती हों

gendarme F श्ज़ान्दार्म (फ्रांस में) पुलिस के काम पर नियुक्त सैनिक, सशस्त्र पुलिस-सिपाही

gendarmerie F श्ज़ान्दार्मरि *n* सैनिक पुलिस

gender जे`न्डर *n* (*gram*) लिङ्ग

gene जीन *n* (*biol*) वह तत्व जिसका जोड़ा (एक नर से आने वाला और दूसरा मादा से आने वाला) प्रत्येक जनन-कोशिका (germ-cell) में विद्यमान होता है और जिस पर सन्तान के वंशागत लक्षण या गुण निर्भर करते हैं, पैतृक तत्व, जनन-तत्व, जीन

genealogical जीनिअ-लॉ`जिकल *a* 1 वंशावली का, 2 वंशावली का पता लगाने का, वंशावली लिखने का, वंशावलिक, 3 ~ **tree** वंशवृक्ष (जिसमें वृक्ष और उसकी शाखाओं के रूप में वंशावली का वर्णन रहता है), वंशावली; ~**ly** *adv* वंशावली के अनुसार, वंशक्रम से

genealogist जीनि-ऐल-जिस्ट *n* वंशावली-विशेषज्ञ

genealogize जीनि-ऐल-जाइज़ *vt* & *i* 1 वंशावली का पता लगाना, वंशावली की खोज करना, 2 वंशावली लिखना, वंशवृक्ष बनाना

genealogy जीनिऐलजि *n* 1 वंशावली, वंशवृक्ष, वंशक्रम, वंशपरम्परा, शजरा, 2 (वनस्पति अथवा प्राणी का) आदि रूप से विकसित होने का क्रम, विकासक्रम

genera जे`नरः *pl* of genus.

general^{1} जे`नरल *n* 1 सब का, सर्वसाधारण का, सार्वजनिक, सार्वजनीन, व्यापक, साधारण, आम, निर्विशेष, **general body** (सभा, परिषद् आदि के) सब सदस्य, समस्त या संपूर्ण निकाय; ~ meeting साधारण बैठक, आम जलसा (जिसमें सब सदस्य, सब लोग उपस्थित हो सकते हैं) **general election** आम चुनाव (जिसमें सब क्षेत्रों में चुनाव होता है) (opp. bye-election); ~ **holiday** सार्वजनिक छुट्टी, आम छुट्टी; **general knowledge** सामान्य ज्ञान, सब विषयों का ज्ञान; The ~ public साधारण जनता, जनसाधारण, सर्वसाधारण, आम लोग; ~ **rule** सामान्य नियम (जो अनेक मामलों में समान रूप से लागू होता है); as a ~ rule साधारणतः, साधारणतया, आमतौर पर, आम तौर से; ~ **merchant** अनेक प्रकार का सामान बेचने वाला, बिसाती, ~ **staff** (see staff); ~ **strike** आम हड़ताल 2 बड़ा, प्रधान, महा, मुख्य; **General Assembly** महासभा; **G** ~ **Headquarters** बड़ा दफ़तर, प्रधान कार्यालय, **General Hospital** (i) सामान्य चिकित्सालय (जिसमें अनेक रोगों की सामान्य चिकित्सा हो, न कि रोग-विशेष की विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सा), (ii) सेना का बड़ा अस्पताल, मुख्य चिकित्सालय;**G**~ **Post Office** बड़ा डाकघर;**G**~ **Secretary**, **Secretary- G**~ प्रधान सचिव, महामन्त्री; 3 मोटा, अस्पष्ट, सामान्य [I can give you only a ~ idea], 4 कुछ-कुछ, किंचित्, किंचिन्मात्र [There is a ~ resemblance], 5 **in general** साधारणतः, सामान्यतः, आम तौर पर

general^{2} *n* सामान्य कथन, व्यापक कथन [to argue from the ~ to the particular]

general^{3} *n* 1 फ़ील्ड मार्शल को छोड़ सब से बड़ा सैनिक अधिकारी, सेनापति, जनरल, 2 कुशल सेना-संचालक; युद्धकलाविशारद; ~**ship** सेनापतित्व; नेतृत्व

generalissimo जे`न्रलिसिमो *n* सेना के तीनों अंगों (स्थल सेना, वायुसेना और नौ-सेना) का अधिपति, महासेनापति, जनरलिसिमो

generality जे`नरैलिटि *n* 1 सामान्य होने का भाव, अनेक विषयों में समान रूप से लागू होना, सामान्यता, व्यापकता; the ~ of a statement कथन की व्यापकता, 2 सामान्य बात या कथन या नियम या सिद्धान्त, 3 अस्पष्ट कथन, अस्पष्टता; 4 अधिकांश; **the** ~ **of (voters)** अधिकांश (मतदाता)

generalization *n* 1 सामान्य कथन या अभिकथन, सामान्य नियम या सिद्धान्त; 2 hasty ~ थोड़े से

उदाहरणों के आधार पर किया गया व्यापक कथन, अविचारित या अव्यापक सामान्यकथन 3 सामान्य सिद्धान्त निर्धारित करना; सामान्यीकरण

generalize जे´नरलाइज *vt* & *i* 1 सामान्य सिद्धान्त या नियम निर्धारित करना, 2 आम लोगों या सर्वसाधारण में प्रचलित या प्रचारित करना [to ~ the use of the cooking gas], सब पर लागू करना, व्यापक बनाना, 3 *maths*, *philos* सामान्य रूप देना, सामान्य या व्यापक अभिकथन करना 4 *vi* सामान्य बातों या नियमों की चर्चा करना, गोल बात करना

generally *adv* साधारणतः, साधारणतया, आम तौर पर, आम तौर से, प्रायः, बहुधा, अक्सर; ~ **speaking** मोटे तौर से (यह कहा जा सकता है कि...)

generate जे´नरेट *vt* 1 (प्राणी, वनस्पति आदि का) जनन करना, पैदा करना, उत्पन्न करना, 2 (गैस, भाप, विद्युत् आदि) बनाना, तैयार करना, पैदा करना, 3 (सुख, दुःख आदि दशा, राग-द्वेष आदि भावना) पैदा करना, उत्पन्न करना, 4 (परिणाम) होना या निकलना

generation जे´नरेशन *n* 1 उत्पत्ति, उद्भव, जन्म, पैदाइश, जनन, प्रजनन, पैदा करना, पैदा होना, 2 निर्माण, उत्पादन, 3 पीढ़ी, I have known them for three ~s मैं उनकी तीन पीढ़ियों को जानता हूं; **the rising** ~ नई पीढ़ी (के लोग), 4 एक ही युग या काल के सब लोग, 5 लगभग तीस वर्ष का समय (जिस के भीतर सन्तान अपने माता-पिता का स्थान ले लेती है); ~ **gap (see gap)**

generative जे´नरेटिव *a* 1 जनन-संबंधी, प्रजनन-संबंधी, उत्पादन-संबंधी, जननात्मक 2 जनन करने वाला, जनक, पैदा करने वाला, उत्पादन करने वाला, उत्पादक, उत्पादनकारी

generator जे´नरेटर *n* 1 पैदा करने वाला, जनक, पिता, जन्मदाता, (विचार आदि का) प्रवर्तक, 2 बिजली, भाप आदि पैदा करने का यन्त्र, जनित्र

generic जिने´रिक *a* (f. genus) 1 जाति या वर्ग का, जाति-संबंधी, वर्ग-संबंधी, जातीय, जातिगत, 2 जाति या वर्ग के किसी भी व्यक्ति का, **generic name** जातिगत नाम, 3 सामान्य, जो विशिष्ट या व्यक्तिगत न हो

generosity जे´नरो´सिटि *n* 1 उदारता, औदार्य, 2 दानशीलता, वदान्यता

generous जे´नरस *a* 1 उदार, उदारहृदय, उदारमना, दिल का खुला [He has a ~ nature]; 2 पूर्वग्रह से मुक्त, पक्षपातरहित, 3 दानशील, वदान्य [He is ~ with his money] 4 (of soil) उर्वर, उपजाऊ, 5 (of meal) पर्याप्त, यथेष्ट, बहुत काफ़ी, 6 (of colour) गहरा; ~ly *adv* उदारतापूर्वक, खुले दिल से, जी खोल कर

genesis जे´निसिस *n* 1 उत्पत्ति, जन्म, उद्भव, आरंभ; मूल, मूल कारण, आदिकारण; 2 G~ पुरानी इंजील का 'सृष्टिवर्णन' नामक प्रथम खंड

genetic जिने´टिक *a* 1 उत्पत्ति-संबंधी, जनन-संबंधी, विकास-संबंधी, उत्पत्ति का, जनन का, 2 (f. gene) जीन-संबंधी, आनुवंशिक, जननविज्ञान-संबंधी; ~**ally** *adv* जननविज्ञान की दृष्टि से, उत्पत्ति की दृष्टि से

genetics जिने´टिक्स *n* 1 वंशविज्ञान, प्राणियों एवं वनस्पतियों की वंशपरम्परा तथा उनकी विभिन्न पीढ़ियों में होने वाले परिवर्तनों की विद्या, आनुवंशिकी, 2 जननविज्ञान, प्रजननशास्त्र, जननिकी

Geneva जनीवः *n* स्विट्ज़रलैन्ड का प्रसिद्ध नगर, जनीवा, ~ **conventions** युद्धबन्दियों, घायलों, रोगियों के साथ अच्छा व्यवहार करने का करार; ~ **Protocol** युद्ध में विषैली गैस तथा जीवाणुओं का प्रयोग न करने का समझौता

genial^{1} जीनिअल *a* 1 विकास या वृद्धि में सहायक, पनपने में सहायक, 2 (of air, climate, sunshine, etc) अनुकूल, उपयुक्त, अच्छा, सुहावना, सुखद, आनन्दप्रद, जान डालने वाला, प्राण फूंकने वाला, 3 (of person) खुशमिज़ाज, जिन्दादिल, हंसमुख, विनोदशील, मिलनसार, सौम्य

genial^{2} जिनाइअल *a* (*anat*) ठोड़ी का

geniality जीनियैलिटि *n* 1 अनुकूलता, सुहावनापन, 2 जिन्दादिली, खुशमिज़ाजी, मिलनसारी, सौम्यता, सौम्य स्वभाव

genie जीनि *n* (*pl* usu genii) भूत, जिन (जिस का उल्लेख प्रायः अरबी कथाओं में मिलता है)

genital जे´निटल *a* & *n* जननसंबंधी, जननिक, जनन का; ~**s** ***n pl*** जननेन्द्रिय, उपस्थ

genitive जे´निटिव *a* & *n* (*gram*) ~ **(case)** संबंधकारक

genius जीनिअस *n*(*pl*-iuses,-ii) 1 (no *pl*) प्रतिभा, स्वाभाविक योग्यता [**He has a genius for mathematics**], 2 (*pl* **geniuses**) प्रतिभाशाली या प्रतिभावान् व्यक्ति [He is a ~], 3 (of language) प्रकृति, स्वभाव, रचना, 4 (of law) भावना, आशय, अभिप्राय, 5 (जाति, युग आदि की) विशेषता, स्वभाव, रुचि, प्रचलित विचारधारा, 6 (व्यक्ति, स्थान, संस्था आदि का संरक्षक) देवता, फ़रिश्ता, **one's good genius** व्यक्ति को स्वर्ग में ले जाने वाला फ़रिश्ता; किसी को अच्छे कामों की प्रेरणा देने वाला व्यक्ति, **one's evil genius** व्यक्ति को नरक में ले जाने वाला फ़रिश्ता; किसी को पाप कर्म में प्रवृत्त करने वाला व्यक्ति

genocide जे´नसाइड *n* जाति-संहार, जनसंहार

genre (F-श़ज़ांर) प्रकार, विधा, ढंग; शैली

gens जे´न्ज़ *n* (*Rom* & *Gk ant*; *pl* gentes) कबीला, कुल, गोत्र

gent जे´न्ट *n* 1 (*vulg* or *joc*) पुरुष, gents' footwear पुरुषों के जूते, मरदाना जूते; **the G~s** (*colloq*) पुरुष शौचालय

genteel जे´न्टील *a* (usu. *iron*) 1 बना-ठना,

बाँका, फ़ैशनेबल, 2 शानदार, सुरुचिसम्पन्न, भव्य, 3 (usu iron) कुलीन वर्ग के अनुरूप, 4 shabby-~ (see shabby)

gentian जेन्शिअन *n* पहाड़ी प्रदेशों में पाये जाने वाले पौधों की जाति जिनके फूल प्रायः लाल होते हैं; जैनशियन; ~ **violet** जले पर लगाने की बैंगनी रंग की दवाई

gentile जें न्टाइल *a* & *n* 1 ग़ैरयहूदी (व्यक्ति), 2 *gram* जातिसूचक या राष्ट्रीयतासूचक (शब्द)

gentilitial जें न्टिलिशल *a* 1 राष्ट्र या जाति या कुल या कबीले का; ~ name कुल-नाम, गोत्र-नाम, 2 अभिजात वर्ग का

gentility जें न्टिलिटि *n* (f. genteel) 1 बना-ठना रहना, सुरूचिसम्पन्नता, उच्चवर्ग का-सा व्यवहार, 2 भद्रता, भद्रजनोचित आचार-व्यवहार, 3 shabby ~ कुलीनता का ढोंग बनाये रखने की कोशिश [He is living in shabby ~]

gentle जें न्टल *a* 1 भला, शरीफ़, नेक, अच्छा, दयालु, विनीत, नम्र, सुशील, कोमल, मृदु, **the ~ sex** महिलाएं, स्त्रियां, नारी जाति, 2 कुलीन, अभिजात, सम्मानित, संभ्रान्त, उच्च कुल का, ~ **folk(s)** कुलीन लोग, संभ्रांत जन, 3 उद्वेगरहित, सरल, आसान, **the ~ art** *or* **craft** मछली पकड़ना, माहीगीरी, 4 (of medicine) हल्का, नरम, 5 (of breeze, heat) मन्द, धीमा; हल्का, 6 (of rule) नरम, लचीला, 7 अल्प, थोड़ा, क्रमिक [~ slope] 8 *arch* उदार, शिष्ट, प्रिय, ~ **reader** (लेखक का पाठक के प्रति संबोधन) प्रिय पाठक !

gentleman जें न्टल्मन *n* (*pl* -men) 1 सज्जन, भला आदमी, भलामानस, 2 कुलीन या संभ्रांत या अभिजात पुरुष, भद्रपूरूष, 3 धनाढ्य एवं प्रतिष्ठित पूरूष, रईस, 4 **~-at-arms** सम्राट् या महाराज का अंगरक्षक (जो कुलीन पुरुष होता है), 5 **~-at-large** (see large), 6 पुरुष, मर्द [Gentlemen's hairdresser], 7 **the Gentlemen('s)** (as *sing* noun) (सार्वजनिक स्थान में) पूरूषों का पेशाबघर, 8 (*to audience*) Ladies and gentlemen ! महिलाओ और सज्जनो ! आदरणीय बहनो ओर भाइयो !, 9 ~ **farmer** स्वयं खेती करने वाला जमीन का मालिक, अभिजात कृषक, **gentleman's** *or* **gentlemen's agreement** जबानी समझौता, परस्पर विश्वास पर आधारित समझौता, भद्रजनोचित करार, भद्र करार

gentlemanliness *n* भद्र या शिष्ट व्यवहार, सज्जनता; **gentlemanly** *a* भद्र, शिष्ट, भद्रजनसदृश (व्यवहार करने वाला), भद्रजनोचित, सज्जनोचित

gentleness *n* 1 शिष्टता, भद्रता, सज्जनता, सौम्यता, नम्रता, शराफ़त, 2 नरमी, मृदुता, कोमलता, मन्दता, धीमापन

gentlewoman *n* (*pl* -women) *arch* कुलीन महिला

gently *adv* 1 धीरे-धीरे, चुपके से, चुप-चाप, 2 नरमी से, दयापूर्वक

gentry जें न्ट्रि *n* सामन्तों या रईसों से निचला वर्ग, अभिजात वर्ग, भद्रजन

genual जें न्युअल *a* घुटने का, जानु-संबंधी

genuflect जें न्युफ़्लें क्ट *vi* घुटने टेकना (वि० उपासना या इबादत करते समय); **~ion, genuflexion** जें न्युफ़्लें क्शन *n* जानु-नति

genuine जें न्युइन *a* 1 असली, सच्चा, खरा, जो नकली या बनावटी या खोटा न हो [~ coin, diamond], 2 वास्तविक, सचमुच का [~ buyer, demand], 3 यथार्थ, मौलिक, प्रामाणिक; **~ly** *adv* वस्तुतः, सचमुच, **~ness** *n* 1 असली होना, अकृत्रिमता, खरापन, 2 वास्तविकता, यथार्थता, मौलिकता, प्रामाणिकता

genus जीनस *n* (*pl* **genera**) 1 *log* जाति, प्रजाति; **summum ~** = highest ~ परा जाति, 2 (*zool, bot*) जाति, वर्ग, श्रेणी, वंश, **the genus Homo** मनुष्य जाति, 3 *pop* श्रेणी, वर्ग, प्रकार, किस्म, जाति, नसल

geocentric जीअ-सें न्ट्रिक *a* पृथ्वी (न कि सूर्य) को केन्द्र मान कर निर्धारित, पृथ्वी के केन्द्र से नापा गया, भूकेन्द्रीय, भूकेन्द्रिक [cf. heliocentric]

geodesic जीअ-डें सिक **geodetic** जीअडें टिक *aa* (f. foll) 1 भूगणितीय, 2 **geodesic line** धरातल पर के दो बिन्दुओं को मिलाने वाली छोटी से छोटी धरातलीय रेखा, अल्पान्तरी रेखा

geodesy जी-ऑडिसि *n* पृथ्वी अथवा विशाल भूखंडों के आकार और क्षेत्रफल से संबंधित गणित, भूगणित

geognosy जी-ओं ग्नसि *n* 1 = geology; 2 प्रदेश-विशेष का भूविज्ञान या भूगर्भविज्ञान

geographer जिओं ग्रफ़र *n* भूगोलवेत्ता, भूगोलशास्त्री

geographic (al) जीयग्रैफ़िक (ल) *aa* भूगोल-संबंधी, भौगोलिक; **~ally** *adv* भूगोल की दृष्टि से, भूगोल के विचार से

geography जिओं ग्रफ़ि *n* 1 भूगोल, भूगोल शास्त्र, 2 स्थान-विशेष की भौगोलिक जानकारी, भौगोलिक वर्णन या विवरण या परिचय

geologic,-al जीअ-लों जिक (ल) *aa* 1 भूविज्ञान-संबंधी, भूवैज्ञानिक, भौमिकीय, 2 भूगर्भीय, भूतत्त्वीय, geological survey भूगर्भीय या भूतत्त्वीय सर्वेक्षण; **~ally** *adv* भूविज्ञान की दृष्टि से भूगर्भीय या भूतत्त्वीय दृष्टि से

geologist जि-ओं लजिस्ट *n* भूविज्ञानविद्, भूवैज्ञानिक, भूविज्ञानी, भूगर्भशास्त्री

geologize जि-ओं लजाइज़ *vi* & *t* विभिन्न स्थानों या प्रदेशों का भूगर्भीय या भूतत्त्वीय निरीक्षण करना

geology जि-ओं लजि *n* 1 पृथ्वी की विभिन्न परतों, उनमें पाये जाने वाले तत्त्वों तथा उनमें होने वाले परिवर्तनों की विद्या, भूगर्भशास्त्र भूविज्ञान, 2 (प्रदेश-विशेष की) भूगर्भीय जानकारी या वर्णन, भूगर्भीय विशेषताएं

geometer जि-ऑ॑मिटर *n* 1 ज्यामितिविद्, रेखागणितज्ञ, 2 विशेष प्रकार का लार्वा (larva) और उससे बनने वाला पतंगा [geometer का शब्दार्थ है भूमापक|लार्वे के चलने के ढंग से लगता है कि वह भूमि को नाप रहा है]

geometric(al) जीअ-मे॑ट्रिक(ल) *aa* 1 ज्यामितीय, रेखागणितीय, 2 गुणोत्तर; **geometrical progression** गुणोत्तर श्रेणी या श्रेढी (*e.g.* 1, 3, 9, 27, 81,...)

geometry जिऑ॑मिट्रि *n* ज्यामिति, रेखागणित; **geometrician** *n* ज्यामितिविद्, रेखागणितज्ञ, **geometrize** *vi* & *t* ज्यामितीय आकृतियां या नमूने बनाना; ज्यामितीय ढंग से काम करना

geophysics जीअ-फ़िज़िक्स *n* धरती-विषयक भौतिक विज्ञान, भूभौतिकी; **geophysicial** *a* भूभौतिकीय

geopolitics जीअ-पॉ॑लिटिक्स *n* देश की भौगोलिक स्थिति एवं विशेषताओं से प्रभावित राजनीति; भूराजनीति; भौगोलिक राजनीति; **geopolitical** *a* भूराजनीतिक, **geopolitician** *n* भूराजनीतिज्ञ

georgette जॉर्जे॑ट *n* महीन रेशमी कपड़ा, जार्जेट

Georgian जॉर्जिअन *n* 1 इंग्लैंड के पहले चार जार्ज सम्राटों के काल का, जार्ज-कालीन, 2 पांचवें और छठे जार्जों के काल का, जार्जियाई [~ literature]

Georgian² *a* & *n* 1 सोवियत संघ के अन्तर्गत जार्जिया प्रदेश का; *n* (i) जार्जिया का निवासी, (ii) जार्जिया की भाषा, 2 संयुक्त राज्य अमरीका के जार्जिया प्रदेश का (निवासी)

geranium जरेनिअम *n* 1 साग की तरह के पौधे जिनमें सारस की चोंच जैसे फल लगते हैं, 2 इस के फल का सिन्दूरी रंग

geostationary जीअ-स्टेश्नरि *a* (of artificial earth satellite) ऐसी गति से घूमता हुआ कि सदा पृथ्वी के बिन्दु विशेष के ठीक ऊपर रहे और स्थिर प्रतीत हो, भूस्थिर, **in ~ orbit** भूस्थिर कक्षा में

gerfalcon जरफ़ॉकन *n* आइसलैंड आदि उत्तरी देशों में पाया जाने वाला बड़ा बाज

geriatric जे॑रि-ऐट्रिक *a* जराचिकित्सा-संबंधी; **~s** *n* वृद्धों के रोगों की चिकित्सा तथा उनकी देखभाल; जरत्चिकित्सा, जराचिकित्सा **~ian** जे॑रि-ऐट्रिशन *n* जराचिकित्सक

germ जर्म *n* 1 (*biol*) वह मूल तत्व जो विकसित होकर प्राणी या वनस्पति का रूप धारण करता है, जीवाणु, कीटाणु, 2 *med* रोग उत्पन्न करने वाला जीवाणु, कीटाणु, रोगाणु, 3 *fig* (i) मूल कारण, बीज, अंकुर, आदि रूप; **in germ** अविकसित या आरंभिक अवस्था में, बीज रूप में, 4 **~-free** रोगाणुरहित, **~-killer** कीटाणुनाशक, रोगाणुनाशक

German जर्मन *a* & *n* 1 जर्मनी का, जर्मन जाति का, जर्मन भाषा का, 2 **German silver** निकल, जस्ते और तांबे की मिश्रधातु, जर्मन सिलवर; *n* (i) जर्मनी का निवासी, जर्मन, (ii) जर्मनी की भाषा, जर्मन; **High ~** पहले-पहल दक्षिण जर्मनी में बोली जाने वाली भाषा जो अब पूरे जर्मनी की साहित्यिक भाषा है; **Low ~** हाई जर्मन के अतिरिक्त जर्मनी की अन्य बोलियां

germander जर्मैन्डर *n* पौधों की जाति-विशेष

germane जर्मेन *a* (विषय से) संबंधित [~ to the subject], प्रासंगिक

Germanic जर्मैनिक *a* 1 (*hist*) जर्मन जाति का, जर्मनी का [~ empire], 2 मूल जर्मन भाषा का (जिसके अन्तर्गत North ~, East ~ और West ~ आदि भाषाओं के वर्ग हैं) Also see Indo-Germanic under Indo-.

germicidal जर्मिसाइडल *a* कीटाणुनाशक, रोगाणुनाशक

germicide जर्मिसाइड *n* कीटाणुनाशक या रोगाणुनाशक पदार्थ, बीमारी के कीड़े मारने की दवा

germinal जर्मिनल *a* 1 जीवाणु या कीटाणु का, जीवाणु-संबंधी, 2 जीवाणुसदृश, कीटाणुसदृश, 3 जो विकास की आरंभिक अवस्था में हो (see germ, 3); नये विचार आदि उत्पन्न करने वाला

germinate जर्मिनेट *vi* & *t* 1 अंकुरित होना, (अंकुर) फूटना, उगना, निकलना, विकसित होना 2 *vt* अंकुरित करना, विकसित करना, उगाना, पैदा करना; **germination** *n* अंकुरण, अंकुर का फूटना

gerontocracy जे॑रॉ॑न्टॉ॑क्रसि *n* 1 वृद्धों का राज, वृद्धों का शासन, वृद्धतन्त्र, 2 शासक-मंडल जिसमें केवल वृद्ध आदमी ही हों

gerontology जे॑रॉ॑न्टॉ॑ल-जि *n* जरा-प्रक्रिया तथा वृद्धों की विशेष समस्याओं का अध्ययन, जराविज्ञान

gerrymander जे॑रिमैंडर *n* & *vt* चुनाव में किसी दल या वर्ग को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए चुनाव क्षेत्र की सीमाएं बदलना; हेरफेर (करना) [to ~ a constituency]; **~er** जे॑रिमैन्डरर *n* हेरफेर या बेईमानी करने वाला

gerund जे॑रन्ड *n* 1 English verbal noun ending in **'ing'**, used as part of verb, is called ~; *e.g.* What is the use of my *scolding* him ? His *doing* that is doubtful]; क्रियार्थक संज्ञा; 2 **~-grinder** (*arch*) लैटिन का अध्यापक

gesellshaft G गज़े॑ल्शाफ़्ट *n* 1 संगति, साहचर्य, मित्रता, 2 संस्था, सभा, संघ, कंपनी

Gestapo गस्टापो *n* (नाज़ी शासनकाल में) जर्मनी की खुफिया पुलिस

gestate जे॑स्टेट *vt* गर्भ (में) धारण करना;

gestation जे॑स्टेशन *n* 1 गर्भावस्था, गर्भधारण, 2 **~ (period)** गर्भाधान और प्रसव के बीच का समय, गर्भधारण काल, गर्भावधि

gesticulate *vi* जे॑स्टिक्युलेट *vi* शरीर या अंगों की चेष्टा से भाव व्यक्त करना, अंगविक्षेप करना, मुद्रा बनाना, हाथ से संकेत या इशारा करना; **gesticulation** *n* अंगविक्षेप, चेष्टा, भंगिमा; इंगित,

इशारा

gesture जे ॅस्चर *n*, *vi* & *t* 1 अंगविक्षेप, चेष्टा, इंगित, (स्त्रियों की) भावभंगी, 2 दूसरे का अभिप्राय जानने के लिए अथवा अपना अभिप्राय (विशेषत: सद्भाव) व्यक्त करने के लिए की गयी कार्यवाही, इशारा, संकेत; to make a ~ इशारा करना, to make a friendly ~ to s.o. मैत्रीपूर्ण कदम उठाना, सद्भाव या सदाशय व्यक्त करना; *vi* & *t* = gesticulate

get गे ॅट *vt* & *i* (got; also *p.p.*-gotten in *comb.*, as ill-gotten), I *vt* 1 पाना, प्राप्त करना, उपलब्ध करना, लेना, मिलना, हाथ लगना, 2 कमाना, to ~ a living रोज़ी कमाना, जीविकोपार्जन करना; **to get** (**oneself**) **a name** नाम कमाना, नाम पाना, ख्याति प्राप्त करना, 3 नफ़ा कमाना, लाभ उठाना; I got little by it मुझे इससे कोई ख़ास नफ़ा नहीं हुआ, **4 to get wind of sth** किसी बात का पता लगना, किसी विषय में कोई अफ़वाह सुनना; **5 to get the better of s.o.** किसी पर हावी होना, **6 to get the best of it** विजयी होना (also see best III, 3), **7 to ~** (**sth**) **by heart** कण्ठस्थ करना; **8 to ~ religion** धर्मग्रहण करना, धर्मात्मा बनना, ईश्वरोन्मुख होना **9 to get it** दण्ड पाना, **to get it in the neck** (see neck), to ~ seven years सात वर्ष कैद की सज़ा पाना, **10** to ~ s.o. to do sth किसी से कोई काम करवाना; **11 to get it into one's head that...** कोई विचार मन में बैठ जाना, किसी बात का कायल होना, **12 to ~ s.o.** *or* **sth on the brain** किसी बात या किसी व्यक्ति का हर समय ध्यान करते रहना, **13 to ~ on s.o.'s nerves** किसी को परेशान करना [He ~s on my nerves], **14** *colloq* किसी व्यक्ति या बात को समझ पाना [Do you ~ me ? I don't ~ your meaning]; II(*vi*)1 होजाना, विशेष अवस्था या दशा में पहुंचना, to ~ old बूढ़ा होना; to ~ angry नाराज़ होना; [to ~ married, tired, excited, etc.], 2 जाना, पहुंचना, पहुँचने में सफल होना, [to~ home], 3 (*sl*) **to get there** सफल होना; **to get-somewhere** कुछ सफलता प्राप्त करना, **to get nowhere** कोई सफलता न प्राप्त करना; **We're not getting anywhere** हमें कोई सफलता नहीं मिल रही, 4 to get to work काम शुरू करना, 5 आदत पड़ना, you'll ~ to like it तुम इसे अच्छा समझने लगोगे, **6 to get well, better** (बीमारी के बाद) स्वस्थ होना, ठीक होना, स्वास्थ्य सुधरना, 7 (of ship) **to get under way** चल पड़ना, रवाना होना, चल पड़ना, **8 to get rid of** sth *or* s.o. किसी बात या व्यक्ति से छुटकारा पाना, पीछा छुड़ाना, III (*with prepp and advv.*) **1 to ~ about** (i) (बीमारी के बाद स्वस्थ होकर) चलने-फिरने लगना, (ii) घूमना-फिरना, आना-जाना, (iii) (of rumours) फैलना; **2** to ~ **abroad** (i) घर से बाहर जाना, (ii) (of rumours) फैलना [A rumour has got abroad that he is going to resign], 3 to ~ **across** (i) पार करना, पार जाना [to get across the river], (ii) दर्शकों को प्रभावित करना [The play failed to get across (the footlights)], 4 to ~ **ahead** औरों से आगे निकल जाना, **5** to ~ **along** (i) आगे बढ़ना, प्रगति या उन्नति करना [He is getting along well in his business], (ii) **to ~ along together** (*or* **with** s.o.) परस्पर मेल या निर्वाह होना, पटना [The Kauravas could not ~ along with the Pandavas] (see also 'get on with'); **6 to ~ at** पहुंचना [This place is difficult to get at] (see also 'get to'); (ii) समझना, मालूम कर पाना; **to ~ at the root of** the trouble झगड़े का मूल कारण मालूम करना, झगड़े की तह तक पहुंचना, (iii) What are you getting **at** ? तुम्हारा अभिप्राय क्या है ? तुम्हारा इशारा किस तरफ़ है ? (iv) Who are you getting **at**? (1) तुम किस का मज़ाक उड़ा रहे हो ? किस पर आक्षेप कर रहे हो ? (2) किस पर रोब जमा रहे हो ? 7 to ~ **away** (i) चले जाना, भाग जाना, बच निकलना (ii) There's no getting **away from** the fact that...इस तथ्य की उपेक्षा नहीं की जा सकती कि ...; (iii) **to get away with it** अपराध करके भी दण्ड से बच जाना; मन-चीता काम करने में सफल हो जाना; **8** to ~ **back** (i) लौटना [to ~ back home], (ii) (खोई हुई चीज़) पुन: प्राप्त करना, (चीज़ का) मिल जाना, **9** to ~ **down** (i) उतरना, (ii) **to ~ down to work** काम शुरु करना; **10 to ~ in** (i) *vi* प्रवेश करना, घुसना; संसद् आदि के लिए चुना जाना; (ii) (*vt*) **to ~ sth in** इकट्ठा करना, वसूल करना, प्राप्त करना; to ~ in debts दिया हुआ उधार वसूल करना या उगाहना, **A general gets in information of** the enemy's movements], **11** (i) **to ~ into** debt उधार चढ़ना, (ii) **to ~ into trouble** मुसीबत में फँसना, **12** (i) to get **off** (घोड़े आदि सवारी से) उतरना, (ii) **to ~ off cheap** भारी अपराध करने पर भी थोड़ा दण्ड पाना, सस्ते छूटना, (iii) **to ~ off with a fine** जुर्माना देकर छूट जाना, **3 to ~ on** (i) (घोड़े आदि सवारी पर) चढ़ना, (ii) आगे बढ़ना, प्रगति या उन्नति करना; How is your son getting on at school तुम्हारा लड़का पढ़ाई में कैसा (चल रहा) है ?; (iii) किसी से पटना, निभना [The husband and wife could not ~ on together]; (iv) to ~ **on** (**well**) **with** s.o. क़िसी से पटना, निभना, किसी के साथ अच्छा निर्वाह होना, **14 to ~ on one's feet** (i) (सभा में बोलने के लिए) उठना, खड़ा

होना; (ii) व्यापार में धक्के या घाटे के बाद हालत सुधरना, अपने पैरों पर खड़ा होना, **to ~ on s.o.'s nerves** (see nerve'), 15 (i) **to ~ out** बाहर जाना, निकलना, (ii) छुटकारा पाना, to get s.o. out किसी को छुटकारा दिलाना, (iii) **to ~ out of** निकल भागना, छुटकारा पाना [to ~ out of a difficulty], (iv) to ~ a secret out of s.o. किसी से भेद या रहस्य निकालना; (v) to ~ out of s.o.'s way किसी के रास्ते से हटना, किसी के लिए जगह ख़ाली करना; (vi) **to ~ out of bed on the wrong side** मिज़ाज बिगड़ा हुआ होना, (vii) **to ~ out of hand** काबू से बाहर हो जाना [The situation has got out of hand]; (viii) **to ~ out of sight** आंखों से ओझल होना, (ix) to get out of one's depth इतने गहरे पानी में चला जाना कि पांव नीचे न लगें; 16 **to ~ over** (i) पार करना, विजय पाना [to ~ over difficulties], (ii) to ~ over an illness बीमारी से छुटकारा पाना, स्वस्थ होना, (iii) to ~ over a task (कठिन) कार्य को पूरा कर पाना, 17 (i) **to ~ round** a difficulty कठिनाई से बचना, कठिन समस्या को सुलझा लेना, (ii) to ~ round the law कानून की पकड़ से बचना, (iii) (*colloq*) **to ~ round s.o.** किसी को कोई काम करने के लिए राज़ी कर लेना या मना लेना, 18 **to ~ through** (**an examination**) परीक्षा पास करना; (ii) (*Parl*) **to get a bill through** बिल या विधेयक पारित या पास कराना, (iii) (*telephony*) **to ~ through (to s.o.)** (किसी से) टेलीफ़ोन पर बात कर पाना, कनेक्शन मिलना, (iv) to ~ through a work काम को पूरा करना या निबटाना, 19 to ~ **to** पहुंचना [Badarinath is not an easy place to get to], 20 **to ~ together** इकट्ठा होना, एकत्र होना, मिलना, 21 (i) **to ~ up** उठना, चढ़ना, (ii) **to ~ up a subject** विषय का पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना, (परीक्षा के लिए) विषय को अच्छी तरह तैयार करना, (iii)(to ~ up a fete etc मेले आदि का आयोजन करना, (iv) to ~ up an article for sale किसी चीज़ को बिक्री के लिए सजाना या संवारना; to ~ up an agitation आन्दोलन चलाना, हलचल शुरू करना, to ~ up a story कहानी गढ़ना; iv (*comb:*)

get-away गॅट-अवे *n* पलायन, फ़रारी, to make one's ~ भाग जाना, फ़रार हो जाना; **get-together** *n* समागम, मिलन, सम्मिलन; **get-up** *n* (*colloq*) 1 वेश-भूषा, बनाव-सिंगार, सजधज, सजावट, साज-सज्जा, बाह्य सज्जा, 2(पुस्तक आदि की) छपाई और जिल्द, ऊपरी, रूप, आकार-प्रकार, गेट-अप; **got-up affair etc.** (see got)

gewgaw ग्यूगां *n* सस्ता और भड़कीला खिलौना, घटिया गहना, तुच्छ वस्तु

geyser गीज़र *n* 1 गरम पानी का चश्मा जिससे थोड़ी-थोड़ी देर बाद फ़व्वारा छूटता है, 2 नहाने के लिए पानी गरम करने का यन्त्र, गीज़र

ghastliness *n* डरावनापन, भीषणता, बीभत्सता, पैशाचिकता, 2 पीलापन, निस्तेजता

ghastly गास्ट्लि *a* 1 डरावना, भयानक, भीषण, दहलाने वाला, बीभत्स, विकराल, पैशाचिक, 2 आपत्तिजनक, अप्रिय, 3 पीला, निस्तेज, मरणोन्मुख व्यक्ति-जैसा, मृतक-जैसा, ~ smile कृत्रिम और रूखी हँसी

ghetto गॅटो *n* 1 (*hist*) शहर में यहूदियों का मुहल्ला, यहूदियों की बस्ती; (शहर की) गन्दी और अलग-थलग बस्ती

ghibelline गिब-लाइन *n* (*hist*) मध्ययुगीन इटली के राज्यों में पोप के विरुद्ध जर्मन सम्राट् का समर्थन करने वाले दल का सदस्य [*opp* guelph *q.v.*]

ghost गोस्ट *n* 1 प्राण (now only in 'to give up the ghost'=प्राण त्यागना), 2 Holy **G~**= Holy Spirit (see spirit *n*), 3 प्रेत, भूत, **to raise a ~** भूत जगाना, भूत बुलाना; **to lay a ~** भूत भगाना, भूत निकालना, 4 दुबला-पतला आदमी, छाया-मात्र [He is a mere ghost of his former self], 5 तनिक, किञ्चिन्मात्र, लेश-मात्र; **Not the ghost of a chance** तनिक भी संभावना नहीं है, 6 दूसरे के नाम से साहित्यिक रचना या कलाकृति करने वाला व्यक्ति, अन्यार्थ लेखक, (also **~-writer**) 7 **ghost-town** जहां बहुत थोड़े लोग रह गये हों या कोई न रह गया हो, उजाड़ नगर; भूतों की बस्ती; **ghostlike** *a* & *adv*. भूत या प्रेत जैसा *adv* भूत या प्रेत की तरह; **ghostly** *a* 1 भूत का, प्रेत का, भूत-जैसा, प्रेत-जैसा, 2 (*arch*) आध्यात्मिक, पादरी का; ghostly counsel पादरी का परामर्श

ghoul गूल *n* प्रेत, पिशाच, बेतांल, शवभोजी प्रेत; **~ish** *a* प्रेत-जैसा, प्रेत-सदृश

giant जाइअन्ट *n* & *a* 1 दैत्य, दानव राक्षस, 2 बृहत्काय मनुष्य या पशु या पेड़, 3 असाधारण योग्यता-सम्पन्न या शक्तिसम्पन्न व्यक्ति [intellectual ~]; *a* बृहत्काय, महाकाय, दैत्याकार, बृहदाकार, बहुत बड़ा [a ~ cabbage]; **~ess** *n* राक्षसी

gibber जिबर, गिबर *vi* & *n* तेज़-तेज़ और अस्पष्ट बोलना, गपड़-सपड़ करना, बन्दर की तरह चिल्लाना; *n* गपड़-सपड़, बड़-बड़, अंड-बड, अगड़म-बगड़म; **gibberish** गिबरिश, जिबरिश *n* निरर्थक ध्वनियां, अंड-बंड, अनाप-शनाप, अगड़म-बगड़म, शब्द-जाल

gibbet जिबिट *n* & *vt* (*hist*) एक बाजू वाला खंभा जिसपर मृत्युदंड पाने वाले अपराधियों के शव लटकाये जाते थे, फांसी देकर मारना, फांसी की सज़ा; *vt* 1 फांसी देकर मारना, फांसी (की सज़ा) देना, 2 खंभे पर लटका देना, 3 बदनाम करना, अपमान करना

gibbon गिबन *n* लंगूर (वि० इंडोनेशिया के

टापुओं में पाये जाने वाले अनेक प्रकार के लंगूर)

gibbose गिबोस, **gibbous** गिवस *aa* 1 उन्नतोदर, मध्य में उभरा हुआ, 2 (of moon or planet) जिसका प्रकाशमय भाग अर्धवृत्त से अधिक किन्तु पूर्ण वृत्त से कम हो, अर्धाधिक प्रकाशमय, 3 कूबड़दार, कुबड़ा **gibbosity**, गिबॉसिटि *n* उन्नतोदरता,उभार, 2 कुब्जता, कुबड़ापन, कूबड़

gibe, jibe जाइब *n* & *vi* & *t* उपहास, हँसी, मज़ाक, ताना, फबती, चोट, छींटा, व्यंग्य, कटाक्ष; *vi* & *t* उपहास करना, हँसी या मज़ाक उड़ाना, ताना देना, चिढ़ाना, छींटा या फबती कसना, फबती उड़ाना, कटाक्ष करना [to ~ **(at)** s.o.; to ~ **at** s.o.'s mistake]

giddiness *n* सिर का चक्कर, सिर-चक्कर, घुमरी

giddy गिडि *a* & *vt* & *i* 1 चकराया हुआ, घूमता हुआ, लड़खड़ाता हुआ, जिसका सिर चकरा रहा हो [**to be, feel, turn, giddy**], 2 (of height, maze, speed, etc) सिर चकरा देने वाला, घुमरी लाने वाला, **a** ~ **success** ऐसी सफलता जिससे किसी का सिर फिर जाये, 3 नशे में चूर, उन्मत्त [~ **with success**], लापरवाह, 4 मनमौजी, अस्थिर-चित्त, छिछोरा; *vt* सिर चकरा देना, उन्मत्त कर देना; *vi* सिर चकरा जाना, सिर फिरना

gift गिफ़्ट *n* & *vt* 1 उपहार, भेंट, तोहफ़ा, देन, दान, **to make a** ~ **of** sth to s.o. किसी को कोई चीज़ उपहार देना या मुफ़्त देना, 2 *law* मुफ़्त दी जाने वाली चीज़ या संपदा आदि, उपहार, 3 ईश्वर-प्रदत्त गुण, योग्यता, प्रतिभा आदि, स्वाभाविक योग्यता आदि [**He has a** ~ **for mathematics**], 4 ~ **of the gab** वाक्पटुता, वाग्मिता, वाचालता (also see gab), **5 to look a** ~**-horse in the mouth** मुफ़्त की चीज़ में नुक्स निकालना; (also see horse); ~-tax उपहार-कर; *vt* उपहार या भेंट देना, स्वाभाविक गुण या योग्यता से संपन्न करना; **gifted** *a* प्रतिभावान्, प्रतिभाशाली, मेधावी

gig गिग *n* एक घोड़े की दो-पहिया गाड़ी, टमटम

gigantesque जाइगैन्टेस्क *a*=**gigantic**

gigantic जाइगैन्टिक *a* बृहत्, बृहदाकार, बृहत्काय, विराट्, विशाल, लम्बा-चौड़ा, बहुत बड़ा भारी-भरकम

giggle गिगल *vi* & *n* हँसी रोक न सकने के कारण रह-रह कर खिलखिला उठना, ठी-ठी करना; *n* दबाने पर भी न रुकने वाली हँसी, खिलखिलाहट, ठी-ठी, ही-ही

gigmanity गिग्मैनिटि *n* मध्यम वर्ग के साधारण-बुद्धि लोग, अशिष्ट धनिक वर्ग

gig-mill गिग्मिल *n* कपड़े पर मखमल आदि की भांति रोआं बनाने की मशीन; इस काम का कारखाना

Gilbertian गिल्बर्टिअन *n* हास्यजनक, उलट-पलट (या गड़बड़ या उलझाव) का; **a** ~ **situation** हास्यजनक उलझाव की स्थिति

gild^1 गिल्ड *vt* (*Pp* usu gilded; *occas* gilt) 1 सोना चढ़ाना, सोने का पानी या पत्तर चढ़ाना, मुलम्मा करना, 2 (*fig*) ~ **to the pill** धन दे कर (अप्रिय स्थिति आदि को) सह्य या सम्मानजनक बनाना, 3 सुनहले रंग में रंगना, सुनहला प्रकाश डालना, सुनहला बनाना, ऊपर से चमकना; **gilded** *a* 1 सोने का पानी चढ़ा हुआ, स्वर्णित, 2 **gilded youth** फ़ैशनेबल और अमीर युवा वर्ग

gild^2 *n* see guild

gill गिल *n* (usu in *pl*) 1 मछली की श्वासेन्द्रिय, गलफड़ा, फेफड़ा, क्लोम, 2 मुर्गे के गले से लटकने वाला माँस, 3 कुकुरमुत्ते की निचली तरफ़ अरों की भांति बने पतले लम्बे पत्तर,

gill^2 *n* तंग पहाड़ी नाला, गहरा पहाड़ी खड्ड

gilt गिल्ट *a* (see gild^1) & *n* सुनहरा, सुनहला; *n* 1 मुलम्मा, झोल; **to take the gilt off the gingerbread** किसी वस्तु का आकर्षक किन्तु अनावश्यक अंश निकाल देना, 2 **gilt-edged paper, security, etc** प्रथम श्रेणी या अव्वल नम्बर की हुंडी या ऋण-पत्र; उत्कृष्ट ऋणपत्र; हुंडी या ऋणपत्र जिसमें रकम के डूबने का कोई खतरा न हो

gimcrack गिम्क्रैक *a* (also ~y) & *n* भड़कीला किन्तु निकम्मा, दिखावटी. नकली, घटिया, रद्दी; *n* भड़कीली किन्तु निकम्मी चीज़, घटिया वस्तु, निकम्मा गहना, ~**ery**, *n* निकम्मी चीजें, रद्दी माल

gimlet गिम्लिट *n* (एक प्रकार का) बरमा; ~ **eye** तीक्ष्ण दृष्टि, तेज़ आँख

gimmick गिमिक *n* (*sl*) 1 चाल,चालाकी, युक्ति, 2 प्रापेगेंडे की तरकीब, ध्यान आकर्षित करने की चाल; ~**ry** *n* चालाकियां, चालें; ~**y** ऐसी चालाकी करने वाला

gin^1 जिन *n* & *vt* (-nn-) 1 जाल, फंदा; 2 कपास से बिनौले अलग करने की मशीन, कपास ओटने का यन्त्र, *vt* कपास ओटना; **ginning mill** कपास ओटने का कारख़ाना, ओटनी

gin^2 *n* अनाज से बनाई जाने वाली एक प्रकार की शराब, जिन

ginger जिन्जर *n* & *a* 1 अदरक, सोंठ, 2 जोश, उत्साह, हिम्मत, दम, जीवट, 3 उत्तेजना, प्रेरणा, प्रोत्साहन, बढ़ावा, 4 (*Parl*) **ginger group** सरकार को (या अपने दल को) जोरदार कार्यवाही के लिए उत्तेजित करने वाली मंडली, प्रेरक या उत्तेजक मंडली;*a* हल्के लाल-पीले रंग का

ginger^2 *vt* 1 अदरक से सुवासित करना, 2 उत्साह या हिम्मत बढ़ाना, प्रोत्साहन देना, उत्तेजित करना, उकसाना, जोश दिलाना [to ~ s.o. **up**]

gingerbread *n* अदरक से सुवासित केक, **to take the gilt off the gingerbread** (see gilt)

gingerly *adv* & *a* बड़ी सतर्कता या सावधानी से, इतनी सावधानी से या धीरे-धीरे कि (चलने में या किसी को छूने से) न तो शोर हो और न अपने को चोट ही लगे, फूंक फूंक कर; *a* सावधानी या

सतर्कता बरतने वाला, सतर्कतापूर्ण, सावधानी का

gingham गिङ्गम *n* रंगदार सूती कपड़ा जो प्राय: धारीदार या चारखानेदार होता है, धारीदार(या (चारखानेदार) सूती कपड़ा

gingival जिन्जाइवल *a* 1 मसूड़े का; 2= alveolar 2: **gingivitis** जिन्‌जिवाइटिस *n* मसूड़ा-शोथ

gipsy, gy- जिप्‌सि *n* अनेक देशों में पाई जाने वाली साँवले रंग की यायावर या ख़ानाबदोश जाति (जो मूलत: भारतीय है और अत्यन्त अपभ्रष्ट हिन्दी बोलती है; इसका व्यवसाय टोकरियां बनाना, घोड़ों का क्रय-विक्रय करना और किस्मत का हाल बताना आदि है), रोमणी, , (in India) कंजर; 2 **~'s warning**; अनिष्ट की चेतावनी

giraffe जिराफ़ *n* अफ़्रीका में पाया जाने वाला जानवर जिसकी गर्दन और टाँगें ऊँट की तरह लम्बी और खाल पर चीते के-से धब्बे होते हैं, जिराफ़

girandole जिरन्डोल *n* 1 आतिशबाज़ी का चक्कर (जो छूटते समय घूमता है), 2 घूमने वाले चक्कर से राकेटों का छूटना, 3 चक्कर खाता हुआ पानी का फ़ौवारा, 4 बाली या लटकन जिसके मध्य में एक बड़ा नग और उसके इर्द-गिर्द छोटे-छोटे नग हों, कर्णफूल, 5 झाड़-फ़ानूस

gird^1 गर्ड *vt* (**~ed** *or* **girt**) 1 पेटी बांधना, लपेटना, to ~ **on** a sword कमर में तलवार बांधना, 2 **to gird up one's loins** कमर कसना, कमर बांधना; काम करने के लिए तैयार हो जाना, 3 **to gird oneself** (for the fray) लड़ाई के लिए तैयार हो जाना, 4 to ~ s.o. **with** strength or power किसी को शक्ति या अधिकार से संपन्न करना, 5 (नगर आदि को) घेरना, घेरा डालना [to ~ a town **with** besiegers], 6 किसी के इर्द-गिर्द स्थित होना

gird^2 *n* & *vi* = gibe; *vi* [to ~ **at** s.o.]

girder गर्डर *n* (छत के शहतीरों को सहारा देने वाली) बड़ी कड़ी, धरन, धरण, (छत या पुल में लगने वाला) गर्डर, गाटर

girdle गर्डल *n* & *vt* 1 करधनी, मेखला, रशना, कटिबंध, कमरबन्द, पटका, पेटी, 2 (करधनी की भांति) चारों ओर से घेरने वाली कोई चीज़, 3 आभूषण में जड़े नगीने का तले के सिवाय वह भाग जो चारों ओर से सोने आदि धातु से घिरा और छिपा रहता है, 4 (छाल उतारने से) पेड़ पर बना चक्कर या वलय; *vt* घेरना, लपेटना, इर्द-गिर्द स्थित होना [to ~ **about, round,** sth]

girl गर्ल *n* 1 लड़की, कन्या, कुमारी, 2 नौकरानी, लौंडी, परिचारिका, 3 प्रेमिका; प्रेयसी [His (best) girl], 4 **~ guide** बालचारिका; **~ish** *a* 1 छोटी बच्ची जैसा, लड़की-जैसा, कन्यासदृश, 2 (of boy etc.) शर्मीला, झेंपू

girt^1 गर्ट=girded (see gird^1), घिरा हुआ [Singapore, a sea-girt country]

girth **girt**^{2} *n* & *vt* & *i* 1 घोड़े की काठी बांधने की पेटी, ज़ीन कसने का तसमा, तंग, 2 (किसी लगभग बेलनाकार वस्तु का) घेरा या घेरे की नाप [~ **of a tree,** ~ **of chest**]; *vt* (घोड़े पर) काठी या ज़ीन बांधना या कसना; 2 घेरना, 3 घेरा नापना, 4 *vi* (इतना) घेरा होना

gist जिस्ट *n* 1 आवश्यक अंश, सार, सारांश, निचोड़, भावार्थ, 2 *law* (मुकदमे आदि का) मुख्य कारण या हेतु

give गिव *vt* & *i* (gave, given), I *vt* देना, प्रदान करना, वितरण करना, दान करना, उपहार देना, सौंपना, सुपुर्द करना, (किसी के) हवाले करना; 1 to ~ **alms** भिक्षा देना, ख़ैरात देना, 2 **to ~ a party, dinner, ball** पार्टी या भोज देना, नृत्य का आयोजन करना; 3 **to ~ orders** आज्ञा या आदेश या हुक्म देना; 4 **to ~ one's word** वचन देना, वायदा या वादा करना 5 **to** ~ s.o. **one's blessing** किसी को आशीर्वाद देना, 6 to ~ **(one's)** attention to s.o. *or* sth किसी की ओर ध्यान देना, 7 to ~ one's compliments to s.o. किसी को नमस्कार या अभिवादन करना, 8 **to give it him etc (hot)** दंड देना, मज़ा चखाना, 9 **to give as good as one gets** पर्याप्त बदला लेना, जैसे को तैसा करना, 10 to ~ a decision, judgement फैसला देना या सुनाना, 11 **to ~ s.o. pain, trouble, pleasure, etc** दु:ख या कष्ट या तकलीफ़ देना; सुख या आनन्द देना, to ~ particulars, details, etc ब्योरा या विवरण देना; **12 to be given to sth, to doing sth** का आदी होना, की प्रवृत्ति या स्वभाव होना [He is given to boasting] II (*vi*) **to give and take** तू-तू मैं-मैं करना; हाथापाई करना; (*ii*) एक-दूसरे को रियायतें देना; (also see **give** *n*); III (*with prepp & advv*) 1 **to ~ away** दे डालना, बिल्कुल दे देना, सौंपना, हवाले करना; to ~ away prizes इनाम बांटना, पुरस्कार-वितरण करना; to ~ s.o. **away** किसी का साथ छोड़ना, किसी को धोखा देना, किसी को धोखे से शत्रु के हवाले करना; **to ~ oneself away** अनजाने में अपना भेद खोल देना, रहस्य प्रकट कर देना, 2 **to ~ forth** a sound ध्वनि निकालना, आवाज़ करना; to ~ **forth** a report, novel, etc बताना, समाचार देना, उपन्यास आदि प्रकाशित करना; 3 **to give in** झुक जाना, दब जाना, हार मान लेना, राज़ी हो जाना [to ~ **in, to** a proposal, **to** s.o.], 4 **to ~ off** (smell, vapour, etc) गन्ध देना या फैलाना, भाप छोड़ना या निकालना [*Rat-ki-Rani* gives off its richest fragrance at night]; 5 **to ~ out** कहना, बताना एलान या घोषणा करना, प्रकट करना, मशहूर करना [He gave out that he would resign], 6 **to ~ over** छोड़ना,

त्यागना [He has given over charge of his office to his successor]; **to ~ over a habit** आदत छोड़ना, **to be given over to** evil courses दुराचारी होना, बदचलन होना, **7 to ~ up** (बिल्कुल) छोड़ देना, (to ~ up hope; to ~ up the idea of doing sth), [N.B. 'to give up' as contrasted with 'to give over' indicates greater finality]; **to give up the ghost** (see ghost); to ~ s.o. **up for lost** किसी को मरा समझ लेना (और उसकी खोज या आशा छोड़ देना); IV (*in various phrr.*) **1 to give birth to** जन्म देना, पैदा करना, कारण होना, **2 to ~ chase** पीछा करना, **3 to ~ currency** (see currency), **4** to ~ **into custody** *or* **in charge** किसी के हवाले करना या सुपुर्द करना, **5 to ~ ground** पीछे हटना: **6 to ~ oneself airs** अकड़ना, दिमाग़ आसमान पर होना, 7 to ~ oneself trouble about sth किसी विषय में कष्ट करना, परवाह करना [He gave himself no trouble about carrying out his father's wishes]; **8 to ~ s.o. his due** किसी की अच्छी बातों या गुणों को स्वीकार करना या मानना; 9 to ~ s.o. a blow, kick, etc थप्पड़ मारना, प्रहार करना, लात मारना; **10 to give s.o. a piece of one's mind** (*colloq*) झिड़कना, डांटना-डपटना, आलोचना करना, **11 to ~ s.o. the slip** पीछा करने वाले से बच निकलना, पकड़ में न आना, **12 to give s.o. to understand** बताना, विश्वास दिलाना [I have been given to understand that there is a vacancy for a clerk in your office], **13 to give place to** किसी के लिए जगह बनाना या छोड़ना, किसी को स्थान देना; Even in the countryside, bullock-carts have given place to buses देहात में भी बसों ने बैलगाड़ियों की जगह ले ली है, **14 to ~ rise to** कारण होना, पैदा करना, **15 to ~ vent to** (see vent, 7), **16 to give way** (i) भार पड़ने से टूट जाना, ढह जाना, (ii) हार जाना; **to ~ way to s.o.** हारना, हार मान लेना, झुक जाना; **to ~ way to despair** निराशा का शिकार होना

give² *n* 1 लचक, दबाव पड़ने से दब जाने का गुण [There is no ~ in a stone floor], *fig* झुकने या हार मानने का गुण [There is no ~ in him]; 2 देना, दान, प्रदान, **give and take** लेन-देन, आदान-प्रदान, परस्पर सुविधाओं या रियायतों का देना, परस्पर समझौते की भावना [a give-and-take policy]

given गिवन *a* & *n* 1 निर्धारित, निश्चित, नियत, निर्दिष्ट, दत्त [in a ~ time], 2 यदि ऐसा हो, ऐसा होने पर, बशर्ते कि Given health, the thing can be done यदि स्वास्थ्य अच्छा हो, तो यह काम किया जा सकता है; *n* ज्ञात तथ्य, दत्त

gizzard गिज़र्ड *n* 1 पक्षी का दूसरा आमाशय (जिस में पहले अमाशय के रस से मिला भोजन पिस कर महीन होता है), पेषणी, 2 (*fig*) **That sticks in my ~** मैं इसे निगल या पचा नहीं सकता, मेरे लिए यह बहुत अरुचिकर या अप्रिय है

glabrous ग्लेब्रस *a* (*anat* etc) जिस पर बाल या रोएँ न हों, निर्लोम, मुलायम खाल वाला

glacial ग्लेसिअल, -शल *a* 1 बरफ़ या बर्फ़ का, हिम का, बरफ़ानी, बरफ़ीला [~ winds], 2 (*geol*) **glacial epoch, period** हिमानीयुग, वह युग जिस में अधिकांश उत्तरी गोलार्द्ध बरफ़ से ढका हुआ था

glacier ग्लैसिअर *n* धीरे-धीरे सरकता हुआ हिम-समूह, हिमनदी, हिमानी

glacis ग्लैसिस *n* किले की दीवार के आस-पास की ढालू भूमि (जिस पर खड़े आक्रमणकारियों पर किले से गोलियां बरसाई जा सकती हैं), (किले के बाहर की) ढाल, ढलान

glad ग्लैड *a* 1 खुश, प्रसन्न, आनंदित, 2 (of news, events etc) अच्छा, शुभ, मुबारक, **3 the glad eye** (*sl*) प्रेम की नज़र, अनुरागमयी दृष्टि, कामुक दृष्टि [to give s.o. the glad eye)]; **gladden** *vt* खुश करना, प्रसन्न करना, आनन्दित करना; **gladsome** *a* (*poet*) उल्लसित, आनन्दित

glade ग्लेड *n* जंगल के पेड़ों के मध्य में खुला मैदान, वन-वृक्षों के बीच का साफ़ रास्ता, वन-वीथी

gladiator ग्लैडिएटर *n* 1 प्राचीन रोम में दर्शकों के मनोरंजन के लिए अखाड़े में उतर कर तलवार आदि शस्त्रों से मनुष्य अथवा पशु से लड़ने वाला आदमी, खड्गधारी (योद्धा), 2 (*fig*) (राजनीतिक तथा अन्य) वाद-विवाद के लिए प्रशिक्षित व्यक्ति; दूसरों की ओर से तर्क या वादविवाद करने वाला, वाद-विवाद विशारद [L gladius = sword]

gladiolus ग्लैडिओलस *n* (*pl* ~es) एक पौधा जिसके पत्ते तलवार के आकार के और फूल अनेक रंगों के होते हैं, ग्लेडियोलस

glair ग्लेअर *n* 1 अंडे की सफ़ेदी, 2 अंडे की सफ़ेदी से बनने वाले अनेक प्रकार के चिपचिपे पदार्थ 3 कोई चिपचिपा पदार्थ

glamorize ग्लैमराइज *vt* सुन्दर या आकर्षक बनाना

glamorous ग्लैमरस *a* (f. foll) 1 आकर्षक, मनोमोहक, मुग्ध करने वाला, जादू-भरा, 2 अत्यन्त सुन्दर, सुषमामय, 3 शानदार, ठाट-बाट का

glamour ग्लैमर *n* & *vt* 1 जादू, मोहनी, आकर्षण, **to caste a glamour over s.o.** किसी पर जादू करना, किसी पर मोहनी डालना, 2 मोहित करने वाला शारीरिक सौंदर्य, सुषमा, ~ **girl** सुन्दर युवती, ~ boy सुन्दर युवक, 3 भ्रांतिजनक या झूठा सौंदर्य, चौंधियाने वाला सौंदर्य, चमक दमक, 4 शान, ठाट-बाट, गौरव, महिमा; *vt* सौंदर्य से मोहित करना

glance¹ ग्लांस *n* 1 सरसरी नजर, तनिक या क्षणिक दृष्टिपात, **at a glance** एक नजर में, to take(or give)a glance at something किसी चीज़ पर नज़र डालना, 2(of weapon, bullet, etc) तिरछी गति या चोट या रगड़, तिरछा वार या प्रहार, 3 *crick* तिरछे बल्ले से लगाई गई हिट , तिरछी हिट

glance^{2} *vi & t* 1 सरसरी नज़र डालना, तनिक दृष्टिपात करना, झांकना [to ~ **at** s.o.], to ~ **through, over** (a book, newspaper, etc) (पुस्तक, समाचारपत्र आदि) उलट-पलट के देखना, सरसरी नज़र डालना; *vt* to ~ back the rays of light प्रकाश की किरणों को लौटाना या परावर्तित करना

gland ग्लैन्ड *n* गिल्टी, गांठ, ग्रन्थि, ग्डलैंड; ~**ular** ग्लैन्ड्युलर *a* गिल्टी का, गिल्टी-जैसा, ग्रन्थिमय, ग्रन्थिल

glanders ग्लैन्डरर्ज़ *n pl* घोड़ों का छूत का रोग जिसमें जबड़े के नीचे सूजन आ जाती है और नाक से कफ निकलता है; घोड़े की छूत से मनुष्यों को लगने वाला ऐसा रोग, कनार

glandule ग्लैन्डयूल *n* छोटी गिल्टी या ग्रन्थि, ग्रन्थिका

glare^{1} ग्लेअर *n* 1 चुभने वाली तेज़ रोशनी, तेज़ चमक, चौंध , चकाचौंध, चौंधियाने वाली रोशनी, चिल-चिलाती धूप, in the full ~ of the sun चिल-चिलाती धूप में, 2 उग्र या भीषण दृष्टि, तीखी नज़र, स्थिर या निर्निमेष दृष्टि

glare^{2} *vi* 1 चमकना, चमचमाना, चकाचौंध करना; तेज़ चमकना, आग बरसाना [The sun ~d down on us], 2 उग्र या स्थिर दृष्टि से देखता, घूरना [to ~ **at** s.o.]

glaring ग्लेअरिङ्ग *a* 1 (of light) चमचमाता हुआ, चकाचौंध करने वाला चौंधियाने वाला, तेज़, तीव्र,(of colour) शोख़, 2(of fact) खुला, साफ़, स्पष्ट, 3 (of mistake, injustice, etc) घोर, भयङ्कर, बड़ा, महा, भारी

glass ग्लास *n* 1 कांच, शीशा, 2 (also **looking** ~) दर्पण, शीशा, आरसी, आईना, 3 (शीशे का) गिलास, गिलास भर पेय, 4 दूरबीन आदि का लेन्स या शीशा 5 (in *pl*)**glasses** ऐनक, चश्मा, 6 ~-house (पौधे उगाने का) कांचघर, 7 *Prov:* **People who live in glass houses shouldn't throw stones(at others)**जिसमें स्वयं दोष हों उसे दूसरों की आलोचना नहीं करनी चाहिए

glassy ग्लासि *a* 1 कांच-जैसा, कांच-सदृश, 2 (of eye, look etc.) निस्तेज, निष्प्रभ; पथराया हुआ, 3 (of water) शीशे-जैसा, साफ़, स्वच्छ, निर्मल

Glauber's salt *chem* सज्जी

glaucoma ग्लॉ-कोमः *n* नेत्र-रोग जिस के कारण धीरे-धीरे नज़र बन्द हो जाती है

glaucous ग्लॉकस *a* हल्का नीला या हरा

glaze ग्लेज़ *vt & i & n* 1 शीशा लगाना या जड़ना [to ~ a window, picture, etc], 2 (मकान में) शीशे की खिड़कियां लगाना [to ~ a building], 3 (मिट्टी के बर्तनों पर) कांच चढ़ाना (जिससे वे मुलायम और चमकदार हो जाते हैं), (कपड़े, चमड़े आदि को) मुलायम तथा चमकदार बनाना,काचित करना, ग्लेज़ करना, लुक करना, पालिश करना, 4 (आंख को) झिल्ली से ढक देना, (आंख में) जाला पड़ना,5 *vi*(आंख का) निस्तेज होना, पथरा जाना, *n* चमक, लुक, ओप, पालिश, रोगन 2 चमकदार सतह, 3 (आंख का) जाला; **glazier** ग्लेज़िअर *n* 1 शीशा जड़ने वाला, शीशागर; **glazing** *n* शीशा जड़ने का काम, शीशागरी, 2 पालिश करने का काम, पालिश, चमक, 3 शीशे की खिड़कियां

gleam ग्लीम *n & vi* 1 हल्की या मद्धिम रोशनी, क्षीण या मन्द प्रकाश, क्षणिक प्रकाश, किरण, 2 झलक [~ **of hope**], 3 चमक, दमक [~ of a knife, sword, etc]; *vi* चमकना, दमकना, झलकना, किरणें निकलना या फूटना

glean ग्लीन *vt* 1 फ़सल की कटाई के बाद बची-खुची बालें इकट्ठी करना, बीनना, चुनना, [to ~ corn], 2 (बची-खुची बालें चुन के) खेत साफ़ कर देना, 3 चुन-चुन के जमा करना, थोड़ा-थोड़ा करके जोड़ना, एकत्र करना, संग्रह करना, संचय करना, संकलन करना [to ~ facts, news, etc]; **gleaning** *n* 1 इकट्ठी की हुई बालें, उंछ, 2 (in *pl*) **gleanings** इधर-उधर से इकट्ठी की हुई चीज़ें, विचार आदि, संकलन, संग्रह

glee ग्ली *n* प्रकट खुशी, हर्ष, उल्लास, हँसी-खुशी, ~**ful** *a* खुश, प्रसन्न, उल्लसित, जिसकी खुशी के मारे हँसी छूट रही हो, जो खुशी से उछल रहा हो

glen ग्लेन *n* तंग घाटी

glib ग्लिब *a* 1(of speaker) (दिखाने के लिए) बहुत या व्यर्थ की बातें करने वाला, बातूनी, वाचाल, धाराप्रवाह बोलने वाला, 2 (of speeeh) धाराप्रवाह, धारावाही, प्रवाहमय, 3 **to have a glib tongue** =to have the gift of the gab (ii) (see gab); ~**ly** *adv* धाराप्रवाह, बिना रुके; ~**ness** वाचालता

glide ग्लाइड *vi & t & n* 1 (of carriage, snake, person skating) फिसलना, सरकना, थिरकना, (of liquid) बहना, (of bird) बिना पर मारे उड़ना, हवा में तैरना, 2 ग्लाइडर में उड़ना 3 दबे पांव या चुपके-चुपके जाना, 4 (of time] बीतते पता न लगना, निकल जाना, [The years glide past], 5 धीरे-धीरे और अज्ञात रूप से बदलना, 6 *vt* धीरे-धीरे धकेलना, ठेलना [Light airs ~d the ship on her course]; *n* सर्पण, फिसलना, सरकना

glider ग्लाइडर *n* 1 बिना इंजन का हवाई जहाज़, ग्लाइडर, 2 ग्लाइडर उड़ाने वाला

glimmer ग्लिमर *vi & n* क्षीण प्रकाश देना, रह रह कर चमकना, झिलमिलाना, टिमटिमाना. झलकना; *n* मन्द या क्षीण प्रकाश, मद्धिम रोशनी, टिमटिमाहट, झलक, निशान, चिन्ह, किरण; a ~

of hope आशा की झलक या किरण

glimpse ग्लिम्प्स *n* & *vt* & *i* झलक, झांकी, क्षणिक दर्शन, आभास, **to get** *or* **catch a glimpse of** sth, s.o. कोई चीज़ या व्यक्ति क्षण भर नज़र आना, किसी चीज़ की झलक पाना, [cf. glance. One takes a glance but gets a glimpse]; *vi* झलक पाना, *vi* टिमटिमाना, झलकना

glint ग्लिन्ट *n* & *vi* चमक, चमक-दमक, जगमगाहट, चमचमाहट, दीप्ति, झलक [a ~ of gold etc]; *vt* चमकना, किरणें निकलना या फूटना

glissade ग्लिसाड, -सेड, *n* & *vi* (mountaineering) (वि० बरफ़ की) ढलान पर से छड़ी आदि के सहारे नीचे की ओर सरकना; *n* विसर्पण

glisten ग्लिसन *vt* रह रह कर चमकना, झिलमिलाना, जगमगाना, चमचमाना

glitter ग्लिटर *vi* & *n* खूब चमकना, दमकना, जगमगाना, चमचमाना, [~ing jewels], भड़कदार होना, देदीप्यमान होना; *n* चमक-दमक, जगमगाहट, चमचमाहट [the ~ of the jewels in the crown]

gloaming ग्लोमिङ्ग *n* सूर्यास्त के बाद आकाश में दिखाई देने वाला प्रकाश, संध्याकालीन या सांध्य प्रकाश, झुटपुटा

gloat ग्लोट *vi* 1 ललचाई दृष्टि से देखना, **to ~ over a spectacle** कोई दृश्य देख-देख कर मज़ा लेना 2 बुरी भावना से खुश होना, **to ~ over** s.o.'s **misery** किसी को मुसीबत में देख कर खुश होना

global ग्लोबल *a* दुनिया भर का, सार्वभौम, सार्वभौमिक, संसार भर में व्याप्त, विश्वव्यापी, 2 सब का, (वर्ग के) सब लोगों का, 3 ~ **war** विश्वयुद्ध

globe ग्लोब *n* 1 गोला, गोलक, मंडल, 2 भूमंडल, पृथ्वी, संसार, दुनिया, 3 (*anat*) आंख का डेला, 4 (लैम्प की) गोल चिमनी, हांडी (-जैसा गोल शेड), 5 ~**-trotter** विदेशों का सैर-सपाटा करने वाला, भूपर्यटक, विश्वयात्री

globular ग्लोब्यूलर *a* 1 गोल, गोलाकार, 2 जिसमें छोटी-छोटी गोलियां हों, गोलिकामय

globule ग्लोब्यूल *n* गोली, गोल दाना, (पानी की) बून्द, कतरा

gloom ग्लूम *n* 1 अन्धेरा, अन्धकार, धुंधलका, 2 उदासी, विषाद, अवसाद, खिन्नता, **to cast a gloom over the country** etc. देश भर में उदासी छा जाना

gloomy ग्लूमि *a* 1 अँधेरा, अंधियारा, अन्धकारमय, तिमिराच्छन्न, मेघाच्छन्न, 2 उदास, विषण्ण, अवसन्न, खिन्न, चिन्तित, शोकमग्न, निराश [He is feeling ~ about the future] 3 विषादमय, विषादकर, निराशाजनक, सूना, मनहूस

glorification *n* 1 गुणगान, गुणकीर्तन, 2 महिमान्वित करना या होना महिमा प्राप्ति, गौरवप्राप्ति

glorify ग्लॉरिफाइ *vt* 1 महिमान्वित करना, सन्त या महात्मा या देवता के पद पर प्रतिष्ठित करना, 2 कीर्ति फैलाना, बड़ाई करना, प्रशंसा करना, गुणगान करना, तारीफ़ के पुल बांधना, 3 (मामूली चीजको) शानदार बनाना, शान बढ़ाना, शोभायुक्त या शोभाशाली बनाना, [a glorified cottage], (साधारण व्यक्ति को) गौरवान्वित करना [a glorified clerk]

gloriole ग्लॉरिओल *n* (सन्तों या महात्माओं के चित्र के इर्द-गिर्द बना) प्रभामण्डल

glorious ग्लॉरिअस *a* 1 महिमामय, महिमाशाली, प्रतापी, यशस्वी, विख्यात, प्रतिष्ठित, 2 शानदार, भव्य, रमणीय, मज़ेदार, आनन्दप्रद, ~ deeds शानदार कारनामे, a ~ victory शानदार विजय, a ~ view रमणीय दृश्य, What ~ weather! क्या सुहावना या शानदार मौसम है !; to have a ~ time खूब मज़े करना, मौज उड़ाना

glory ग्लॉरि *n* 1 महिमा, शान, **Glory be to God!** ईश्वर की महिमा अपरम्पार है; 2 शोभा, श्री, सुषमा, अलौकिक, सौंदर्य, 3 यश, कीर्ति, गौरव, प्रतिष्ठा, विशेष सम्मान; वह काम जिससे यश या प्रतिष्ठा प्राप्त हो, 4 स्वर्ग का सुख, स्वर्गीय आनन्द, **to go to ~** (*colloq*) स्वर्ग सिधारना, मरना, 5 वैभव, विभूति, शान

glory^{2} *vi* गर्व करना, अपनी शान समझना, खुशी से फूला न समाना; to glory **in** sth, **in** doing sth किसी बात में या कोई काम करने में अपनी शान समझना, गर्व करना, [He glories in bloodshed and slaughter]

gloss ग्लॉस *n* & *vt* 1 मूल ग्रन्थ के किसी शब्द की व्याख्या करने के लिए उसकी पंक्तियों के बीच या हाशिये में लिखा गया शब्द, पार्श्व-टिप्पणी 2 व्याख्या, टीका, भाष्य, टिप्पणी, 3 पंक्तियों के बीच में दिया गया अनुवाद या टिप्पणियां आदि, 4 दूसरे के शब्दों की मिथ्या या गलत व्याख्या; *vt* 1 व्याख्या या टीका या भाष्य करना, टिप्पणी करना 2 टीका-टिप्पणी या आलोचना करना, 3 किसी आपत्तिजनक बात या तथ्य की ऐसी व्याख्या करना कि वह आपत्तिजनक न लगे, झूठी व्याख्या करना

gloss^{2} *n* & *vt* 1 ऊपरी तड़क-भड़क या चमक-दमक; ओप; दिखावा मुलम्मा [a ~ of respectability], 2 कपड़े की चमक [the ~ of satin] *vt* चमकाना, चमकदार बनाना, (कपड़े पर) चमक लाना, to gloss **over** s.o.'s faults किसी के दोषों पर लीपा-पोती करना

glossal *a* ग्लॉसल *n* जिह्वा का, जिह्वीय

glossary ग्लॉसरि *n* 1 टिप्पणियों का संग्रह, 2 कठिन शब्दों की सूची एवं व्याख्या, कोश जिसमें किसी एक विषय के ही कठिन शब्दों की व्याख्या दी गई हो, संक्षिप्त कोश, शब्दार्थ-सूची, शब्दावली

glossitis ग्लॉसाइटिस *n* जिह्वाशोथ

glossy ग्लॉसि *a* चमकीला, चमकदार, ~ **paper** चमकीला कागज़

glottal ग्लॉटल *a* (f. foll) कण्ठद्वार का; ~ **stop** कण्ठद्वार के एकाएक बन्द होने या खुलने पर

होने वाला शब्द

glottis ग्लॉटिस *n* कण्ठद्वार, घांटीद्वार, श्वासद्वार

glove ग्लव *n* & *vt* दस्ताना, **to throw down the ~** चुनौती देना, चैलंज करना; **to take up the ~** चुनौती स्वीकार करना (also see gauntlet), (arguing etc) **with the ~s off** बड़ी प्रचण्डता से (विवाद करते हुए); *vt* दस्ताना पहनाना; दस्ताने देना

glow ग्लो *vi* & *n* 1 (गर्मी से) लाल हो जाना, चमकना, दमकना, जगमगाना, [Heated metals ~], **2** (of coal) लपटें छोड़ते हुए जलना, दहकना, धधकना, 3 (क्रोध या आवेश या धूप से) चेहरा लाल हो जाना, तमतमाना [His cheeks ~]; *n* **1** चमक, दमक, दीप्ति कांति, **2** of cheeks लाली, तमतमाहट; 3 *comb*: **~-worm** *n* जुगनू, खद्योत

glower ग्लाउअर *vi* घूरना, त्योरी चढ़ाना, गुस्से से देखना, तरेरना, धमकाना, डाँटना [to ~ at s.o.]

glowing ग्लोइंग *a* **1** चमकता हुआ, जगमगाता हुआ, देदीप्यमान, लाल, सुर्ख़ [~ cheeks], **2** to speak in ~ terms of s.o. किसी की बहुत प्रशंसा करना, भूरि-भूरि प्रशंसा करना, तारीफ़ के पुल बाँधना

gloze ग्लोज़ *vt* (दोष, अपराध आदि) कम करके बताना, लीपा-पोती करना [to gloze (over) sth]

glucose ग्लूकोस *n* अंगूर की चीनी, ग्लूकोस

glue ग्लू *n* & *vt* सरेस, सरेस-जैसी चिपचिपी चीज़, गोंद; *vt* (सरेस से या सरेस की तरह) चिपकाना या जोड़ना, सरेस या गोंद लगाना, साथ लगाना, संलग्न करना, चिमटाना [His ear was ~d to the door]; **gluey** ग्लूइ *a* सरेस-जैसा, चिपकने वाला, चिपचिपा, लसलसा

glum ग्लम *a* **1** उदास, खिन्न, निराश, उद्विग्न, अनमना, **2** रुष्ट, अप्रसन्न, चिढ़ा हुआ, कुढ़ा हुआ; **~ness** *n* उदासी, खिन्नता, अप्रसन्नता

glut¹ ग्लट *vt* (-tt-) **1 to glut oneself (with** rich food), **to ~ one's appetite** अधिक भोजन करना, ठूंस-ठूंस कर खाना, छकना, **2** ठूंस-ठूंस कर भरना, ठसाठस भरना, पाटना, ढेर या अंबार लगा देना, **to glut the market** (**with** fruit etc) फलों से मन्डी को पाट देना; फलों के अंबार लगा देना; **3** अति तृप्त कर के उबा देना [He is ~ted with pleasure]

glut² *n* **1** अति भोजन, भोजन की अति मात्रा, **2** मांग से कहीं अधिक माल की मात्रा, बहुलता, बहुतायत, भरमार [There is **a** ~ of mangoes in the market]

gluten ग्लूटन *n* लासा; गोधूम-सार; **glutinous** ग्लूटिनस *a* लसदार, लसलसा, चिपचिपा

glutton ग्लटन, *n* **1** बहुत खाने वाला, खाऊ, पेटू, **2 ~ of** books बहुत पुस्तकें पढ़ने वाला, **3** ~ for work बहुत काम करने वाला; **~ous** *a* खाऊ, खाऊ-जैसा,; ~y *n* पेटूपन, अतिभोजिता

glycerine, ग्लिस-रीन *n* एक वर्णहीन मधुर गाढ़ा द्रव जो मरहम के तौर पर तथा कई दवाइयां और विस्फोटक बनाने के काम आता है, ग्लिस-रीन

glycerol ग्लिसरॉल=prec

glyph ग्लिफ़ *n* उत्कीर्ण शब्द या चित्र, उच्चित्र

glyphograph, **glyphography** ग्लिफ़ग्राफ़, -फ़ॉग्रफ़ि *nn* उभरी हुई छपाई (की विधि), उत्कीर्णमुद्रण

glyptic ग्लिप्टिक *a* **1** (वि॰ नगीनों पर) नक्काशी का (see foll), 2 उत्कीर्ण

glyptography ग्लिप्टॉग्रफ़ि *n* नगीनों पर नक्काशी करने की कला, मणि-उत्कीर्णन

gnarl नार्ल *n* (पेड़ पर की) गाँठ; **gnarled** नार्ल्ड *a* गांठदार, मरोड़दार, मुड़ा हुआ, टेढ़ा-मेढ़ा; **gnarly** नार्लि *a*=**gnarled**

gnash नैश *vi* & *t* 1 (दांतों का) बजना, **2** *vt* **to ~ one's teeth** दांत कटकटाना या किटकिटाना, दाँत पीसना

gnat नैट *n* **1** दो पंखों वाला छोटा पतंगा (जिसकी मादा में खून चूसने का डंक होता है), मच्छर, डांस **2** तनिक परेशान करने वाली चीज़, **3** छोटी सी चीज़, **to strain at a gnat** मामूली से काम में अत्यधिक सावधानी बरतना या हिचकिचाना, **4** एक प्रकार का जेट-विमान, नैट

gnaw नॉ *vt* & *i* (*pp* gnawed *or rarely* gnawn) **1** लगातार कुतरते रहना, to **~ away, off** sth कुतर कुतर कर नष्ट कर देना, खा जाना, घुन की तरह लगना, (also *vi*) to **~at, into**, sth; **2** घुलाना, पीड़ा या यन्त्रणा देना, ~ed by hunger भूख का सताया या मारा हुआ, [Fear and anxiety gnawed **at** his heart]

gneiss ग्नाइस, नाइस *n*(*geol*) बिल्लोर और अबरक आदि की परतों वाला पत्थर

gnome¹ नोम *n* कहावत, लोकोक्ति, सूक्ति, सूत्र, सिद्धान्त, नियम

gnome² **1** एक प्रकार का लघु भूत या प्रेत, बेताल, जिन्न ; **2** *myth* बौना (जो धरती के खज़ानों की रखवाली करता है); उद्यान आदि में बौने की मूर्ति, **3** (*colloq*, esp in *pl*)(वि॰ अन्तर्राष्ट्रीय वित्त-व्यवस्था पर) बुरा प्रभाव डालने वाला व्यक्ति

gnomic नोमिक **1** सूत्रात्मक; संक्षिप्त एवं सारगर्भित, **~ verse** श्लोक, दोहा आदि **2** सूक्तिमय, सूक्तिबहुल

gnomon नोमन *n* धूप-घड़ी के केन्द्र में गाड़ा हुआ डंडा जिसकी छाया से समय पता चलता है; धूपघड़ी का डंडा या कीलक

gnosis नोसिस *n* **1** आध्यात्मिक(रहस्यों का) ज्ञान **2** यह सिद्धान्त कि आध्यात्मिक रहस्यों का जानना संभव है

gnostic नॉस्टिक *a* & *n* 1 (आध्यात्मिक) ज्ञान-संबंधी, ज्ञानात्मक, 2 आध्यात्मिक ज्ञान रखने वाला, ज्ञानी, तत्त्वज्ञानी, 3 रहस्यपूर्ण, रहस्यमय, गुह्य; *n* in *pl* Gnostics शुरू-शुरू के ईसाइयों में ऐसे लोग जो आध्यात्मिक ज्ञान का दावा करते थे

gnu न्यू *n* एक प्रकार का हिरन

go गो *vi* & *t* (went, gone) I (*vi*) 1 जाना, चलना, रवाना होना, प्रस्थान करना प्रयाण करना, कूच करना, पहुंचना, **to ~ on a journey** यात्रा करना, यात्रा पर जाना, **to ~ for a walk** सैर करना, सैर के लिए निकलना, **to ~ on foot** पैदल जाना; किसी प्रकार के वाहन से यात्रा करना, [to ~, on horseback, by train, by car, etc.], **2 to ~ a long way** (i) बहुत दिनों तक रहना या चलना [The foodstocks will ~ a long way]; This sum will ~ a long way इस रकम से बहुत कुछ ख़रीदा जा सकेगा; (ii) **to ~ a long way towards** सहायक या प्रभावी या कारगर होना [This statement will ~ a long way towards reassuring the nation], **as far as it goes** एक हद तक, 3 **to ~ one's own way** अपनी मरज़ी से काम करना (अर्थात् दूसरे की बात न सुनना), 4 विशेष स्थिति या दशा में होना या रहना, to ~ hungry भूखा रहना, to ~ in fear of one's life जीवन का ख़तरा या खटका बना रहना, 5 विशेष स्थिति या दशा में पहुंचना, to ~ blind अंधा हो जाना, **to ~ dry** शराबबन्दी लागू करना, **to ~ mad** पागल हो जाना, **to ~ to pieces** टुकड़े-टुकड़े हो जाना, **to ~ red** कम्यूनिस्ट या साम्यवादी हो जाना, 6 (of bell, striking clock, gun, etc.) कोई ध्वनि करना, बजना, चलना, छूटना; the bell goes घण्टी या घण्टा बजता है; **to ~ bang** धमाके से फटना, फट पड़ना, to ~ crack तड़कना, चटख़ना, चटकना, चिटकना, **to ~ phut** (व्यापार आदि) बैठ जाना, (काम) बिगड़ जाना, (व्यवस्था) भंग हो जाना; 7 प्रचलित होना, (समाचार आदि) फैलना; The story goes कहा जाता है, सुनने में आया है; **as the saying goes** जैसी कि कहावत है; 8 (of time) बीतना, गुज़रना, निकलना, 9 (of money) ख़र्च होना [This is how the money goes] 10 परिणाम होना, चलना, हाल होना, **How is it going ? How are things going ?** कैसी प्रगति हो रही है ? Things are not going well काम ठीक तरह नहीं चल रहा; सफलता नहीं मिल रही; to ~ ill with s.o. प्रतिकूल पड़ना, 11 **to let oneself ~** विश्राम या आराम करना, मनोरंजन करना, 12 बिकना [This house is going cheap, for 15,000], 13 जाता रहना, नष्ट होना, समाप्त होना, [His sight is going. Slavery must go], 14 मरना, to ~ the way of all the earth, to ~ the way of all flesh मरना, 15 कोई काम या व्यवसाय करना या अपनाना, **to ~ to school** शिक्षा ग्रहण करना, पढ़ना, पढ़ने जाना, स्कूल जाना, **to ~ to the bar** वकालत का पेशा अपनाना, वकील बनना, **to ~ on the stage**, नाटक में काम करना, अभिनेता बनना, **to ~ on the streets** वेश्या-वृत्ति अपनाना; 16 **to ~ to the country** जनता की राय जानने के लिये आम चुनाव कराना; **to ~ to law** कानून का सहारा लेना, मुकदमा चलाना, नालिश करना, **to ~ to war** युद्ध करना, लड़ाई छेड़ना, 17 (of prize, victory, property, office, title, etc.) प्राप्त होना, मिलना, उत्तराधिकार में मिलना, हिस्से में आना, II (*vt*) **to ~ it** (*sl*) जोश से काम करना, ज़ोर-शोर से काम करना [He's going it], **to ~ it alone** अकेले ही काम करना, बिना किसी की सहायता के काम करना, III (*with prepp.* & *advv*) 1 **to ~ about** (i) इधर-उधर जाना, घूमना, चलना-फिरना, (ii) काम शुरू करना, How to ~ about it ? इसे कैसे शुरू किया जाये? 2 **to ~ across** पार करना, 3 to **~ after** (किसी के) पीछे-पीछे जाना, पीछा करना, 4 to **~ against** प्रतिकूल होना, मेल न खाना, विरोध करना, आक्रमण करना, 5 to **~ ahead** निःसङ्कोच आगे बढ़ना, प्रगति करना, आगे निकल जाना, 6 to **~ along with** (किसी के) साथ जाना 7 to **~ at** s.o. *or* sth किसी पर आक्रमण करना, कोई काम (ज़ोर-शोर से) शुरू करना, जुट जाना, 8 to **~ back (up)on** one's word, promise, etc. वचन भंग करना, वादा पूरा न करना, वादे से मुकर जाना, to ~ back on a friend मित्र से विश्वासघात करना, मित्र को धोखा देना, 9 to **~ behind** a decision etc. निर्णय के कारणों पर विचार करना, निर्णय की तह में जाना, **10 to go** by (i) अनुसरण करना, अमल करना, [I'll ~ by your advice], (ii) आधार बनाना या मानना; There is nothing **to ~** by कोई ऐसी बात नहीं है जिसे आधार बनाया जाये, (iii) बीतना, गुजरना, निकल जाना [Many years have gone by], (iv) **to ~ by the name of** के नाम से प्रसिद्ध होना [A restaurant that goes by the name of "The Rambles"], **11** to **~ down** (i) मान लिया जाना, This story will not ~ down (with the people) लोग इस बात पर विश्वास नहीं करेंगे, (ii) (of ship) डूबना, (iii) सस्ता होना, कीमत गिरना, (iv) इतिहास में अंकित होना या लिखा जाना, (v) **to ~ down in the** world (किसी के) दिन बिगड़ना, बुरे दिन आना, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति ख़राब होना; (vi) to ~ down before the invader आक्रमणकारी से हार जाना; (vii) to ~ down the river नदी के बहाव के साथ साथ जाना, **12 to ~** for s.o. (*colloq*) आक्षेप करना, कटु आलोचना करना

[He goes for the communalists], **13 to ~ in for** sth (i) लेना, खरीदना [I'll ~ in for a new car], (ii) के पक्ष में होना, समर्थन करना [We should ~ in for the abolition of caste], (iii) काम करना, काम में लगना, काम शुरू करना, काम करने का निश्चय करना, व्यवसाय या सिद्धान्त अपनाना, I'll ~ in for teaching में अध्यापक बनूंगा, **14 to ~ into** (i) प्रवेश करना, (ii) प्रतिपादन करना, विचार करना, छान-बीन करना, [We should ~ into the causes of our defeat]; **15 to ~ off** (i) (*of fire-arms*) चलना, छूटना, दगना, [The pistol went off suddenly], (ii) संपन्न होना Every thing went off well सब काम अच्छी तरह संपन्नहुआ, (iii) (माल का) बिकना [His goods are going off rapidly], **16 to ~ on** (i) जारी रखना, करते रहना, चलते रहना (ii) होता रहना, This has gone on for years बरसों से ऐसा होता रहा है, **17 to ~ on with** जारी रखना [Go on with your work], **18 to ~ out** (i) बाहर जाना, (ii) (of fire, lamp, etc) बुझना, (iii) (of heart) दयार्द्र होना; **My heart went out to him** मुझे उसके साथ सहानुभूति हुई, मुझे उस पर दया आई; **19 to ~ out of one's way** अपने नियम या अभ्यास के प्रतिकूल आचरण करना, विशेष कष्ट करना [I went out of my way to oblige him], **20 to ~ over** (i) पढ़ना, पढ़ जाना, (हिसाब किताब की) पड़ताल करना [He carefully went over the whole account, item by item], (ii) to ~ over a house घर के एक-एक कमरे में जाना, सारा घर देखना, (iii) एक तरफ़ से दूसरी तरफ़ जाना, शत्रु या विपक्ष से जा मिलना [Some members of the ruling party have gone over to the Opposition], (iv) to ~ over a problem etc. in one's mind किसी समस्या आदि पर मन ही मन(में)विचार करना; **21 to ~ round** (i) (of food) सब के लिये काफ़ी होना [There's enough food to go round], (ii) किसी से यों ही मिलने जाना [I just went round to see him], **22 to ~ through** (i) पूरा पढ़ना, आद्योपान्त पढ़ना, [to ~ though a book, letter, etc], (ii) पूरा करना [to ~ through the whole programme], (iii) सहना, झेलना [She went through many afflictions]; (iv) (*Parl*) **The bill has gone through** बिल पास या पारित हो गया है; (v) सौदा आदि पक्का होना, पटना (The deal did not ~ through] **23 to ~ through with** पूरा करना, पूरा करके छोड़ना, अधूरा न छोड़ना, [We must ~ through with the reforms], **24 to ~ under** डूबना, हारना, रह जाना, असफल होना **25 to ~ up** (i) (of prices) चढ़ना, (माल का) महंगा होना (ii) to ~ up in flames जल उठना, आग लग जाना, (iii) **to ~ up the river** नदी के बहाव की प्रतिकूल दिशा में जाना, **26 to ~ up** to s.o. किसी के पास जाना, **27 to ~ upon** को आधार मानना या बनाना, का अनुसरण करना [Is this the principle you always ~ upon?], **28 to ~ with** (also, **to go together**) (i) साथ रहना या जाना, सहवर्ती होना, [Crime does not always go with poverty], अनुकूल होना, (ii) of colours etc) मेल खाना, [These curtains do not go well with the carpet], **29 to ~ without** वंचित रहना, न पाना, किसी चीज़ के बिना रह जाना, किसी चीज़ के बिना काम चला लेना; **That goes without saying** यह मानी हुई बात है, यह कहने की ज़रूरत नहीं है, यह स्पष्ट या निर्विवाद है; IV *comb* : **~-ahead** *a* आगे बढ़ने वाला उद्यमी, हिम्मती; **~-between** *n* मध्यस्थ, बिचौलिया, दलाल; **~-by** *n* पास से गुज़र जाना; **to give s.o. the ~-by** (*i*) किसी व्यक्ति के पास से ऐसे निकल जाना मानों पहचाना नहीं (*ii*) उपेक्षा करना, छोड़ देना [We must give the ~-by to such barbaric customs], **~-getter** *n* (*colloq*) उद्यमी, हिम्मती, कर्मठ, काम करके दिखाने वाला व्यक्ति; **~-~** अनियन्त्रित, उच्छृंखल, हिम्मती; **~-slow** धीरे काम करने वाला; **go-slow strike** धीरे-काम हड़ताल; **go-slow tactics** धीरे-काम की चालें

go² गो *n* (*pl* goes) **1** जाना, गमन, प्रस्थान, the **come-and-~** of the people लोगों का आना-जाना, यातायात, **2** (*colloq*) जोश, साहस, हिम्मत [He is full of go, has plenty of go], **3** (*colloq*) Here's a pretty go ! अजीब मुसीबत है! विकट स्थिति है!, **4** (*colloq*) **It's all the go, quite the go** इस का फ़ैशन या रिवाज है, **5** (*colloq*) That **was a near go** हम (या वे) बाल-बाल बच गये, **6 it's no go** (*colloq*) यह काम असंभव है; स्थिति ख़राब है, **7 to be on the ~** (*colloq*) दौड़-धूप में लगा रहना, आराम न कर पाना [I've been on the ~ all day], **8 to have a ~ (at sth)** कोशिश करना, कोशिश करके देखना, **at one ~** एक ही बार या कोशिश में

goad गोड *n* & *vt* **1** पशुओं को हांकने तथा वश में रखने का भाला, अंकुश, **2** उत्तेजना या प्रेरणा देने वाली चीज, दुःख या पीड़ा देने वाली बात; *vt* **1** अंकुश मारना, **2** उत्तेजित या प्रेरित करना, उकसाना, गोदना, बढ़ावा देना [to ~ **s.o. on**; to ~ **s.o. to do, into doing**, sth, **to** *or* **into fury**, etc]

goal गोल *n* **1** लक्ष्य, ध्येय, उद्देश्य, **2** गन्तव्य स्थान, मंज़िल, **3** (हाकी, फुटबाल आदि में) गोल, **to score a goal** गोल करना, **~-keeper** गोल बचाने वाला, गोली

goat गोट *n* **1** बकरी (also **she-~**), बकरा

(also **he-goat**), **2** *fig* लम्पट व्यक्ति, व्यभिचारी आदमी, **3** **The Goat** (=capricorn) मकर राशि, **4** **goatherd** बकरियां चराने वाला, अजापाल; **~-god** =Pan; **goatee** *n* बकरे की सी दाढ़ी, बुच्ची दाढ़ी; **goatling** *n* बकरी का (एक-दो साल का) बच्चा

gobble^1 गॉबल *vt* (भूखे व्यक्ति की तरह) जल्दी-जल्दी खाना, निगलना, हड़प कर जाना [to **~** (**up**) sth]

gobble^2 *vi* (क्रोध आदि के कारण) अस्पष्ट बोलना, बड़बड़ाना

goblet गॉबलिट *n* शराब पीने का प्याला या कटोरा, चषक, जाम

goblin गॉब्लिन *n* भूत, प्रेत, पिशाच, भूतना

goby गोबि *n* एक प्रकार की मछली, पंकमीन

god गॉड *n* **1** God ईश्वर, परमेश्वर, परमात्मा, खुदा, **2** **god** देवता, स्वामी अधिष्ठाता, god of the sea=Neptune, समुद्र का देवता, वरुण; god of love=cupid, प्रेम का देवता, कामदेव, **3** **God willing** ईश्वर ने चाहा तो, यदि स्थिति अनुकूल हुई तो; **God knows** ईश्वर जाने, राम जाने, मुझे क्या पता; चिन्ता का अन्त या हर्ष व्यक्त करने के लिए **good God, my God, oh God** हे भगवान्! **4** **on the knees of gods** ईश्वराधीन, दैवाधीन, जो मुनष्य के बस में न हो (also see knee), **4** **godfather** धर्मपिता, **godmother** धर्ममाता, **godson** धर्मपुत्र, **god-daughter** धर्मपुत्री, **5** **God-fearing** ईश्वर से डरने वाला; धर्मात्मा, पुण्यात्मा, ईमानदार; **God-forsaken** मनहूस, सूना, सुनसान, उजाड़ [What a God-forsaken place!], **6** **Godman** ईसा मसीह, **godsend** अचानक होने वाली शुभ घटना, अचानक मिलने वाली अच्छी चीज, संपत्ति आदि; ईश्वरीय कृपा, ईश्वर की देन; **Godspeed** *int.* तुम्हारी यात्रा शुभ हो, तुम्हें अपने काम में सफलता मिले

goddess गॉडिस *n* **1** देवी, **~** of love = Venus, रति; **~** of wisdom = Minerva, सरस्वती, **~** of hunting = Diana, **2** प्रेयसी

godhead गॉड्हेड *n* ईश्वरत्व, देवत्व; The Godhead ईश्वर

godhood *n* देवत्व, देवता का पद

godless *a* नास्तिक, दुरात्मा

godlike *a* ईश्वरसदृश, देवतुल्य, देवोचित

godliness *n* धर्मपरायणता, पवित्रता, सदाचारिता

godly गॉड्लि *a* धर्मपरायण, धर्मात्मा, पुण्यात्मा, सदाचारी, भक्तिमान्, पुण्य, पवित्र

godown गोडाउन *n* गोदाम, मालगोदाम, भंडार, कोठार

godwit गॉड्विट *n* दलदली इलाके में पाया जाने वाला पक्षी-विशेष

goer गो-अर *n* **1** जाने वाला [comers and ~s, church-~], चलने वाला [good, slow, ~], **2** उद्यमी व्यक्ति, जिन्दादिल आदमी

goffer गॉफ़र *v t* & *n* (झालर के किनारे को) लहरिया आकार का या चुनटदार बनाना; चुनट डालना*n* झालर का चुनटदार किनारा, चनट

goggle^1 गॉगल *vi* & *t* **1** (आंखों का) बाहर को निकला हुआ होना, (of person) आंखें फाड़ कर देखना [He ~d at the child]; **2** *vt* (आंखों को) इधर-उधर फिराना

goggle^2 *a* & *n* (of eyes) बाहर को निकली हुई, उभरी हुई, उभरवां, *npl* **goggles** धूप का चश्मा

going *n* & *a* **goings-on** करतूत, कार्यवाही, आचरण, शरारत, चाल, षड्यन्त्र (usu strange, such, goings-on), *a* चालू, काम करता हुआ, **a ~ concern** चालू व्यापारिक संस्था या फ़र्म, **to get ~** (काम, बातचीत आदि) आरंभ करना; Set the clock ~ घड़ी चला दो

goitre गॉइटर **1** रोग जिसमें गला सूज जाता हैं और गले का मांस लटकने लगता है, घेघा, गलगण्ड, **2** (गाय आदि पशुओं का) गलकंबल, सास्ना; **goitrous** *a* **1** गलगण्ड से पीडित, गलगण्ड का रोगी, **2** (of places) जहां गलगण्ड का रोग फैला हुआ हो, गलगण्डग्रस्त

gold गोल्ड *n* & *a* **1** सोना, स्वर्ण, **2** धन, दौलत, संपत्ति, **3** *fig* चमकदार या सुन्दर या आकर्षक या बहुमूल्य या बहुत अच्छी चीज़; He has a **heart of gold** उसका दिल बहुत अच्छा है; She has **a voice of gold** उसका स्वर बहुत मधुर है, उसकी आवाज़ बहुत सुरीली है; *Prov* : **All that glitters is not gold** चमकने वाली हर चीज सोना नहीं होती; **4** *comb* : **~-dust** स्वर्ण के कण, **~-field** सोने की खानों वाला प्रदेश, स्वर्ण-प्रदेश, **~-foil** सोने का पत्तर, **~-leaf** सोने का वरक, **5** **~-mine** (i) सोने की खान (ii) (*fig*) निरन्तर धन-प्राप्ति का साधन, **gold reserve** नोटों की मान्यता बनाये रखने के लिए सरकारी खज़ाने में रखा स्वर्ण, (सरकार का) आरक्षित स्वर्ण, **~ standard** (see standard); **goldsmith** सुनार; **gold** *a* **1** सोने का, स्वर्णमय, **2** सोने के रंग का, स्वर्णिम, स्वर्णिल, सुनहला, सुनहरा

golden गोल्डन *a* **1** सोने का, स्वर्णिम, **2** सोने की भांति चमकता हुआ, सोने के रंग का, पीला, **3** बहुमूल्य, अत्युत्तम, बहुत अच्छा, बढ़िया, महत्वपूर्ण; **golden age** (i) सत्ययुग, (ii) उन्नति या समृद्धि का काल, स्वर्ण-युग, स्वर्णकाल; **golden key** काम निकालने के लिए खर्च किया गया रुपया, **golden mean** मध्यम मार्ग, किसी विषय में अति न करने का सिद्धान्त, **~ opinions** बहुत अच्छी राय, **~ opportunity** बढ़िया मौका, स्वर्णावसर, **~ rule** कार्यवाही का मूल सिद्धान्त, स्वर्ण सिद्धान्त **~ wedding** विवाह की स्वर्णजयन्ती

goldilocks *n* गोल्डिलॉक्स **1** एक प्रकार का पौधा, **2** सुनहरी बालों वाला व्यक्ति

golf गॉल्फ़ *n* घास के मैदान में दो व्यक्तियों या

दो जोड़ों के बीच छड़ी और गेंद से खेले जाने वाला खेल) ; ~-course, ~-links गाल्फ़ का मैदान; ~-er *n* गाल्फ़ का खिलाड़ी

Goliath गलाइअथ *n* दैत्य, दानव, राक्षस

golosh = galosh

gonad गोनैड *n* (*zool*) शुक्राणु या अंडाणु बनाने वाली ग्रन्थि, जननग्रन्थि

gondola गॉन्डल: (इटली के तटवर्ती वेनिस नगर की नहरों में चलने वाली) विशेष प्रकार की नौका, बजरा, गोन्दोला; **gondolier** गॉन्डलियर *n* गोन्दोला खेने वाला, मल्लाह

gong गॉङ्ग *n* **1** तश्तरी के आकार की घंटी, **2** घड़ियाल

goniometer गोनिऑमिटर *n* कोणमापी

gonorrhoea गॉन-रीअ *n* गुप्त रोग, सूज़ाक

good गुड *a* (better, best) I **1** अच्छा, खरा, शुभ, सन्तोषजनक, लाभदायक, good news अच्छी ख़बर, खुशख़बरी, शुभ समाचार, **That's a ~ one** (*sl*) (i) बढ़िया लतीफ़ा या चुटकुला है; (ii) सरासर झूठ या अशियोक्ति है, **2** भला, नेक, धर्मात्मा, पुण्यात्मा [a ~ man]; **3** कृपालु, दयालु, अच्छा व्यवहार करने वाला, परोपकारी, हितैषी, He has aways been ~ to me वह मुझ पर सदा कृपा करता है; It was very ~ **of** you to recommend me आप ने मेरी सिफ़ारिश कर के मुझ पर बड़ी कृपा की; Will you **be ~ enough to** lend me your pen, कृपया अपना कलम दीजिए, **4** ठीक, उचित लाभदायक, उपयोगी, काम का, Beer is not ~ for him बियर उसके लिए ठीक नहीं रहेगा [Milk is ~ for childern], a **good-for-nothing fellow** निकम्मा आदमी; **5** कुशल, दक्ष, होशियार, योग्य, लायक [He is ~ **at** Sanskrit; I am not ~ **at** sports], **6** कम से कम, इससे कम नहीं, कुछ ज्यादा ही, He played for a ~ hour वह कम से कम घण्टा भर खेला; I have been here for ~ **three** years मुझे यहाँ कम से कम तीन साल हो गये हैं; It's a ~ three miles to the station स्टेशन यहाँ से तीन मील से कम न होगा; **6** पर्याप्त, काफ़ी, काफ़ी बड़ा, बहुत, बहुत अधिक, a **good deal** बहुत कुछ, a ~ many people बहुत से या बहुतेरे लोग, a ~ few people काफ़ी लोग; He has a ~ cause to repent उसके पछताने का पर्याप्त कारण है; He has got a ~ share of the property उसे जायदाद का काफ़ी बड़ा हिस्सा मिला है; **to start** *or* **arrive in ~ time** काफ़ी समय रहते, बिना देर किये, जल्दी ही चल पड़ना या पहुंचना; II *phrr* : **1 for good; for good and all** सदा के लिए [He has left the country for ~], **2 as good as** कम से कम, इससे कम नहीं, के बराबर, लगभग, मानो..., it is as ~ as new यह नये जैसा है, it is as ~ as done यह काम लगभग ख़तम है, इसे ख़तम ही समझो; **as ~ as one's word** वायदे का पक्का, बात का धनी या पक्का या पूरा, अपनी बात पूरी करने वाला, **3 to have a ~ time** मौज उड़ाना, गुलछर्रे उड़ाना, मज़े करना, **4 to hold ~, to stand ~** (i) (परीक्षा या जांच करने पर) ठीक या सच निकलना, सत्य सिद्ध या प्रमाणित होना, (ii) लागू रहना, मान्य या वैध रहना [This offer will hold ~ for two months], **5 to keep ~** (*of food*) ठीक रहना, ख़राब न होना [Apples keep ~ for a long time in winter], **6 to make good** (i) संपन्न या पूरा करना, The thief made ~ his excape चोर भागने में सफल हो गया, चोर बच या भाग निकला, (ii) क्षतिपूर्ति करना, भरना [The insurance company will make ~ his losses], (iii) साबित या प्रमाणित करना, The creditor has made ~ his claim लेनदार ने अपना दावा साबित कर दिया है, **7 to take sth in good part** किसी बात को बुरा न मानना, किसी बात पर नाराज़ न होना; **8 to think ~** ठीक या उचित या लाभदायक समझना [He thought it ~ to renounce the world); III *comb*: **good behaviour, good conduct** सद्व्यवहार, नेकचलनी [He has been bound over to ~ behaviour (see bind, 6], ~ **breeding** शिष्टता, सौजन्य, ~ **debt** ऋण जिसकी वसूली में सन्देह न हो, **good faith** सद्भावना, सदाशय, नेक-नीयती, ~ **humour** खुश-मिज़ाजी, ~-**humoured** खुश-मिजाज, जिन्दादिल, **good looks** सौन्दर्य, सुन्दर रूप, अच्छी शक्ल, ~-**looking** सुन्दर, दर्शनीय, रूपवान्, ~ **manners** शिष्टता, शिष्ट व्यवहार, ~ **nature** अच्छा स्वभाव, ~-**natured** साधु-स्वभाव, भला, नेक, ~-**neighbourliness** पड़ोसी के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार, **good offices** मध्यस्थता, सौजन्य, सहायता, सेवा, सिफ़ारिश (also, see office), **good riddance** दुष्ट व्यक्ति या अरुचिकर काम से छुटकारा [His departure was a ~ riddance]; **good sense** सद्विवेक, सुबुद्धि, व्यावहारिक बुद्धि, सूझ-बूझ, **in good spirits** जो निराश या हताश न हो, प्रसन्नचित्त

good^2 *n* **1 the good** (*adj* used as *pl n*) अच्छे या भले लोग, सज्जन, **2** भला, भलाई, हित, कल्याण, श्रेय, लाभ, फ़ायदा: What is the good of it? इस से क्या फ़ायदा? **to be any, much, no, some, good (doing sth)** करने से कुछ, बहुत, न आदि लाभ होना [Was his advice any good?] **goods** (*pl*) माल, सामान, वस्तुएं, चीजें, चल संपत्ति, **goods traffic** माल-परिवहन, माल की ढुलाई, **goods train** मालगाड़ी

good-bye गुड्बाइ *int* & *n* [contraction of 'God be with you'] चलते समय का नमस्कार; विदा, to say good-bye to s.o. किसी को विदा करना

goodly गुड्लि *a* 1 देखने में अच्छा, दर्शनीय, सुन्दर, 2 काफ़ी बड़ा, बहुत [a ~ heritage],

goodness *n* 1 अच्छाई, गुण; 2 उदारता, कृपालुता, **to have the** ~ to कृपा करना, Have the goodness to step in कृपया भीतर आ जाइए; 3 (in exclamations, substituted for God), **Goodness knows** = God knows (see God)

goodwill गुड्विल *n* 1 सद्भाव, सद्भावना सदाशयता, सहृदयता, कृपादृष्टि, **goodwill visit** सद्भाव यात्रा; I retain his goodwill उनकी कृपादृष्टि मुझ पर बनी हुई है, 2 (*commerce*) प्रतिष्ठित फ़र्म बेचने वाले के द्वारा खरीदने वाले को उसी (विक्रेता) के नाम से कारोबार करने का दिया हुआ अधिकार, सुनाम

goody, goody-goody *a* (of persons) धर्मपरायणता या सज्जनता या नेकी का दिखावा करने वाला, **धर्मबन्धु**

googly गूग्लि *n* (*crick*) देखने में एक ओर फेंकी गई गेंद जो वस्तुत: दूसरी ओर जा कर पड़े, गुगली

goosander गूसैन्डर *n* बत्तख़ से मिलता-जुलता पक्षी-विशेष

goose *n* (*pl* **geese**) 1 (fem of gander) बत्तख़ से बड़ा और हंस से छोटा पक्षी-विशेष, कलहंस; **All his geese are swans** वह अपनी चीज़ों, विचारों, मित्रों आदि को बेहद अच्छा समझता है; कुम्हारी अपने ही बरतनों को सराहती है, **to cook s.o.'s** ~ (i) किसी की आशाओं पर पानी फेर देना, (ii) किसी को शरारत करने से बाज़ रखना; **to kill the** ~ **that lays the golden eggs** वर्तमान आवश्यकताओं के लिए भावी लाभ गंवा देना, 3 मूर्ख, बुद्धू [She is a little ~]

gooseberry गुज़्बरि *n* 1 एक कांटेदार जंगली झाड़ी; इसका फल, मकोय; 2 **to play gooseberry** दो व्यक्तियों (वि० प्रेमी-प्रेमिका) के साथ-साथ रहना (जब कि वे अकेले रहना चाहते हों); दोनों के बीच में होना

Gordian गॉर्डिअन *a* ~ **knot** जटिल समस्या, कठिन कार्य, **to cut the** ~ **knot** कठिन समस्या को बल प्रयोग द्वारा (या उसकी शर्तों की उपेक्षा करते हुए) हल करना, कठिन काम करना [f. Gordius, who tied the knot which Alexander the Great cut]

gore^{1} गॉर *n* छतरी में तिकोना कपड़ा, गुब्बारे, गुम्बद आदि की सतह का वक्राकार खण्ड, कलीकाट

gore^{2} *vt* (of horned animal) सींग घुमाना या गड़ाना या चुभोना

gore^{3} *n* बह कर जमा हुआ खून, **gory** *a* खून से सना हुआ, रक्तरंजित

gorge^{1} *n* गॉर्ज 1 *rhet* गले का भीतरी भाग, गला, कण्ठ, 2 खाने के बाद आमाशय में पड़ा भोजन; निगला हुआ भोजन (जो अभी पचा न हो); **My** ~ **rises at it** इस बात से मुझे उल्टी या कै होती है, मेरा जी मचलाता है, मुझे इस बात से सख़्त घृणा है, 3 (दो पहाड़ियों के बीच की) तंग घाटी (वि० जिसमें नाला बहता हो), 4 (किले की) प्राचीर का पिछला द्वार

gorge^{2} *vi* & *t* &*n* 1 ठूंस-ठूंस कर खाना, निगल जाना, हड़प कर जाना [**to** ~ (**oneself**) **with, on, sth**]; 2 ठूंस-ठूंस कर भरना ठसाठस भरना, मुंहामुंह भरना, इतना भरना कि निर्गम मार्ग बन्द हो जाए, (भर कर) फुला देना, *n* आवश्यकता से अधिक भोजन, भोजन की अतिमात्रा

gorgeous गार्जस *a* 1 भड़कीला, चमकीला, शोख़ रंग का, 2 शानदार, बहुत बढ़िया, बड़े ठाठ का, 3 (of diction) अलंकारपूर्ण, शानदार; ~**ness** *n* तड़क-भड़क, ठाट-बाट, चमक-दमक, चाकचक्य, शान

gorget गॉर्जिट *n* 1 *hist* गले का कवच, ग्रीवात्राण, 2 औरतों का नकाब, घूंघट = wimple, 3 पक्षियों के गले पर बना रंगदार घेरा, कण्ठा,

gorgon गॉर्गन *n* (*Gk myth*) उन तीन डायनों में से एक जिनसे आंख मिलाने वाला पत्थर हो जाता था; कुरूप स्त्री या पुरुष, डायन, चुड़ैल, भूतनी

gorilla गरिलः *n* पेड़ों पर रहने वाला बृहदाकार बन्दर, बनमानुष, गोरिल्ला

gormandize गॉर्मन्डाइज़ *vi* & *t* स्वाद के लिए ठूंस-ठूंस कर खाना, निगलना, भूखे की तरह जल्दी जल्दी खाना, हड़प करना

gorse गॉर्स *n* पीले फूलों वाली कांटेदार झाड़ी, कंटैघ

gosh गोॅश *int* (also **by gosh**) खुदा की कसम! सच !

goshawk गोॅस्हॉक *n* छोटे पंखों वाला बृहदकार बाज़

gosling गॉज़लिङ्ग *n* कलहंस-शावक, हंस का बच्चा [*dim* of goose]

gospel गॉस्पल *n* 1 ईसा और उसके शिष्यों द्वारा प्रचारित धर्म सिद्धान्त, ईसाई धर्म, 2 ईसाई धर्म के चार प्रमुख प्रचारकों (Matthew, Mark, Luke, John) द्वारा अलग–अलग लिपिबद्ध ईसा का जीवन-वृत्तान्त, इंजील, 3 सिद्धान्त या मत (जिसे कोई माने या जिसका उपदेश करे); to preach the ~ of economy मितव्ययिता का उपदेश करना, 4 परम विश्वसनीय बात, बात जिसके सच होने में कोई सन्देह न हो, to take sth **for** ~ किसी बात को बिल्कुल सच मानना [He takes his dreams for ~]; **5 gospel truth** इंजील का वचन, इंजील-वचन के समान सत्य, परम सत्य, वेदवाक्य, ऋषि-वचन

gossamer गॉस-मर *n* & *a* 1 छोटी मकड़ी का महीन जाला (जो हवा में तैरता हुआ या घास या पेड़ों पर दिखाई देता है), 2 इस जाले का एक तार, 3 महीन जाली का कपड़ा, *a* झीना, महीन, ~**y** गॉस-मरि *a* मकड़ी के जाले-जैसा, झीना, हल्का, पतला, महीन

gossip गॉसिप *n* & *vi* 1 गप, गपशप, चर्चा, निराधार बातें, इधर-उधर की बातें, [to have a ~

with s.o.]; 2 गप्पी, बातूनी [He's an old ~] ~-**monger** गप्पी, *vi* गप मारना, गपशप करना, इधर-उधर की बातें करना [to ~ about s.o.] ~**er** *n* गप्पी, गप मारने वाला बे-पर की उड़ाने वाला बातूनी, ~**y** *n* गप-जैसा, निराधार

got गॉट (*pt & pp* of get) **got-up** *a* 1 झूठा, मनगढ़न्त, a got-up affair or story मनगढ़न्त या कपोलकल्पित बात, 2 (of person) (i) बना-ठना, (ii) छद्मवेष में

Goth गॉथ *n* 1 प्रचीन जर्मन कबीले का व्यक्ति (इस कबीले ने तीसरी और पांचवीं शताब्दी के बीच अनेक देशों पर आक्रमण किये और इटली, फ्रांस और स्पेन में अपना राज्य स्थापित किया), 2 असभ्य या उजड्ड व्यक्ति (वि० कलाकृतियों को नष्ट करने वाला)

Gothic गॉथिक *a & n* (see prec) 1 गाथ जाति का, गाथ जाति की भाषा का, 2 (*archit*) नोकदार मेहराब की शैली का (जो बारहवीं से सोलहवीं सदी तक पश्चिम यूरोप में प्रचलित थी), नोकदार मेहराबों वाला, 2 (i) असभ्य, अशिष्ट, (ii) भद्दा, भोंड़ा 2 (*print*) पुराना जर्मन (टाईप); *n* गाथिक भाषा; गाथिक स्थापत्य; गाथिक टाइप, काला टाइप

gouge गाउज *n & vt* गोल छेनी, टांकी, गोल रुखानी; *vb* 1 छेनी से काटना, काट कर निकालना, to ~ **out** a cork कार्क निकालना; **to ~ out s.o.'s eye (with one's thumb)** किसी की आंख निकालना, 2 खोदना, नक्काशी करना

gourd गुअर्ड *n* 1 लौकी, कद्दू, 2 कद्दू को खोखला कर और सुखा कर बनाया पात्र या बोतल, तूंबा, तूंबी, तूमड़ी, 3 **bitter gourd** करेला; **ivy ~** कुन्दरू, **snake ~** चिचिण्डा

gourmand गुअर्मन्ड *a & n* बहुत खाने वाला, खाऊ, पेटू; *n* पेटू आदमी; स्वादु भोजन का प्रेमी एवं पारखी, चटोरा, **gourmandise** गुअर्मांडीज *n* स्वादु भोजन करने की आदत; चटोरापन; पेटूपन

gourmet गुअर्मे *n* स्वादु भोजन तथा शराब आदि का पारखी

gout गाउट *n* 1 एक रोग जिसमें जोड़ों (वि० हाथों और पांवों के जोड़ों) में सूजन और पीड़ा होती है, गठिया, वातरोग, 2 (वि० खून की) बूंद, 3 छींटा, धब्बा, 4 गेहूं की एक बीमारी; **gouty** *a* गठिया से पीड़ित (व्यक्ति), गठिया का रोगी, गठियाग्रस्त (जोड़)

govern गवर्न *vt & i* 1 शासन करना, राज्य करना, हुकूमत करना, 2 (संस्था का) प्रबन्ध करना, संचालन करना; **governing body** प्रबन्ध समिति, प्रबन्ध निकाय, शासी निकाय, 3 (व्यक्ति पर) प्रभाव डालना, प्रभावित करना, (व्यक्ति के आचरण को) निर्धारित करना, (घटनाओं का) परिणाम निर्धारित करना, 4 वश में रखना, नियन्त्रण करना, संयम रखना [to ~ **oneself, one's passions**], 5 (नियम आदि का) लागू होना, प्रासंगिक होना; the rule which ~s this case नियम जो इस मामले में लागू होता है; 6 (*vi*) राज्य (न कि शासन) करना [The king reigns but does not govern]

governance गवर्नन्स *n* शासन, नियन्त्रण, प्रभुत्व, आधिपत्य

governess गवर्निस (बच्चों को घर पर पढ़ाने वाली) अध्यापिका; ~-**car**(t) *hist* दो-पहिया गाड़ी

governing गवर्निङ्ग *a* प्रबन्ध करने वाला, प्रबन्धक, संचालन करने वाला, संचालक, **governing body** (see govern, 2)

government गवर्नमन्ट *n* 1 शासन, सरकार, हुकूमत, 2 मंत्रिमण्डल, to form a ~ मंत्रिमण्डल बनाना, 3 शासन-पद्धति [form of ~] 4 ~ machinery शासन-तन्त्र, **G~ House** राज्यपाल का निवास, राजभवन, 5 ~ securities सरकारी ऋण-पत्र, सरकारी हुंडियां, 6 (*gram*) वाक्य में शब्दों का परस्पर संबंध; (in Skt) कारक-प्रक्रिया

governmental *a* सरकार का, सरकारी, राजकीय, शासकीय, शासन-संबंधी

governor गवर्नर *n* 1 शासक, राज्यपाल, गवर्नर, 2 (संस्था की) प्रबन्ध-समिति का सदस्य, 3 गढ़-सेनाध्यक्ष, दुर्गपाल, दुर्गाध्यक्ष, 4 (*mech*) यन्त्र में आवश्यकतानुसार न्यूनाधिक गैस, भाप, जल, आदि छोड़ने का पुर्जा, गैस-नियन्त्रक, वाष्प-नियन्त्रक आदि, नियन्त्रक

gown गाउन *n & vt* (मुख्यतः स्त्रियों का, किन्तु न्यायाधीश, वकील, पादरी, प्रोफेसर, आदि का भी) चोग़ा, लबादा, गाउन, *vt* (chiefly in *pp*) चोग़ा पहनाना

grab ग्रैब *vt & i & n* 1 जबरदस्ती लेना, छीनना, झपटना, हथियाना, 2 पकड़ना, गिरफ़्तार करना; 3 *vi* झपटना [to ~ **at sth**]; *n* झपट, झपट्टा, छीना-झपटी [to make a ~ **at** sth], पकड़; 4 पकड़ने या अड़ाने का औज़ार या पुर्ज़ा; ~**ber** *n* छीना-झपटी करने वाला, हथियाने वाला

grabble ग्रैबल *vi* 1 टटोलना, टोहना, 2 (कुछ ढूंढने के लिए) हाथ-पैर फैलाना [to ~ **for sth**]

grace ग्रेस *n & vt* 1 छवि, शोभा, सौन्दर्य, लालित्य, आन-बान, शान, (स्त्रियों का) नाज़, नख़रा, अदा, 2 शोभा देने वाली बात, औचित्य, भलमनसत, सौजन्य, शिष्टता, **to have the ~ to do sth** कोई काम करने का सौजन्य [या शिष्टता] होना [After all, he had the grace to admit his mistake]; **to do sth with a good ~** कोई काम खुशी से करना, **to do sth with a bad** *or* **ill ~** कोई काम अनिच्छापूर्वक या बेदिली से करना, 3 कृपा, अनुग्रह, मेहरबानी, (ईश्वर का) प्रसाद [**by the ~ of God**]; **to be in s.o.'s good ~s** किसी का कृपापात्र होना, किसी की अपने ऊपर कृपादृष्टि होना, **act of ~** कृपा, मेहरबानी, रियायत, 4 दया, अनुकंपा, तरस, क्षमा, माफ़ी, **Act of ~** संसद् द्वारा दी गई क्षमा, (सर्व) क्षमा का कानून, 5 (हुंडी, बीमे के चन्दे की अदायगी के लिए कुछ—प्रायः तीस—दिनों की) मोहलत, अवकाश

[days of ~]; *vt* की शोभा बढ़ाना [The President ~d the occasion **with** his presence]

graceful ग्रेस्फ़ुल *a* **1** सुन्दर, सजीला, ललित, लालित्यपूर्ण, नज़ाकत-भरा [~ dancer],**2** शोभा देने वाला, शानदार, **3** कृपापूर्ण, प्रसादमय, **4** सौजन्यपूर्ण, शिष्टतापूर्ण [a ~ letter of thanks]

graceless *a* **1** निर्लज्ज, बेशर्म, छिछोरा, कमबख़्त [a ~ rogue], **2** अशिष्ट, अशिष्टतापूर्ण [~ behaviour]

gracious ग्रेशस *a* & *int* **1** उदार, दयालु, कृपालु, शिष्ट, (of God) दयामय, **2** (छोटों पर) कृपा करने वाला, मेहरबान, (*int* expressing surprise) G~! good ~! हे प्रभो! हे दयामय!; ~ly *adv* दयापूर्वक, कृपा करके, मेहरबानी से, उदारतापूर्वक

gradate ग्रडेट *vt* & *i* **1** रंग की एक आभा से धीरे-धीरे दूसरी आभा में परिवर्तित करना या होना, **2** क्रमबद्ध करना, वर्गबद्ध करना

gradation ग्रडेशन *n* (usu in *pl*) **1** विकास या उन्नति की कोटि, **2** गुण, पद आदि की दृष्टि से कोटि या दर्जा, **3** कोटि निर्धारित करना, कोटि-निर्धारण, क्रम-निर्धारण दर्जाबन्दी, (*paint*) रंग की एक आभा का धीरे-धीरे दूसरी आभा में बदल जाना (अर्थात् हल्के से क्रमशः गहरा या गहरे से हल्का हो जाना), क्रमिक परिवर्तन [the ~s of colour in the rainbow]

grade¹ ग्रेड *n* **1** (पद, गुण, योग्यता, अर्हता आदि की) कोटि, क्रम, स्तर, ग्रेड; **to make the ~** अभीष्ट कोटि या स्तर तक पहुंचना, **2** (पद, गुण आदि की दृष्टि से) एक ही वर्ग के व्यक्ति या पदार्थ; वर्ग, श्रेणी, दर्जा, किस्म, **3** ढाल, ढलान, प्रवणता, on the up ~ चढ़ाव पर, चढ़ता हुआ, उन्नति करता हुआ [His business is on the up ~]; **on the down ~** उतार पर, उतरता हुआ, अवनति करता हुआ; **4** (U.S.) **Grade crossing** = level crossing (see level *a*)

grade² **1** माल आदि को छांट कर अलग-अलग वर्गों या श्रेणियों में रखना, वर्गबद्ध करना, श्रेणीबद्ध करना, क्रमबद्ध करना, क्रमानुसार रखना **2** कोटि-निर्धारण करना, **3** (सड़क, नहर आदि की) ढलान ठीक करना, ढलान कम करना

graded *a* वर्गबद्ध, वर्गीकृत, श्रेणीबद्ध, श्रेणीकृत; ~ tax क्रमशः बढ़ने वाला कर, क्रमिक कर

gradient ग्रेडिअन्ट *n* चढ़ाई, चढ़ाव [upward ~] उतराई, ढलान [downward ~], प्रवणता

gradual ग्रैजुअल *a* धीरे-धीरे होने वाला, धीरे-धीरे बढ़ने वाला, जिसमें एक दम चढ़ाई न हो, क्रमिक, ~ly *adv* धीरे-धीरे, क्रमशः, थोड़ा-थोड़ा कर के

graduate¹ ग्रैजुअट *n* स्नातक

graduate² ग्रैजुएट *vi* & *t* **1** विश्वविद्यालय की उपाधि प्राप्त करना, स्नातक होना, **2** *vt* क्रमांकन करना, (थर्मामीटर आदि पर) दर्जों के निशान लगाना, **3** वर्गीकरण करना, दर्जाबन्दी करना, **4** क्रमिक या उत्तरोत्तर वृद्धि करना, **5** (आय के) स्तर के अनुसार आय-कर निर्धारित करना **6** (द्रव को) सुखा कर गाढ़ा करना, ~**d** *a* **1** क्रमांकित, **2** वर्गीकृत, **3** क्रमवर्धी [~d tax]

graduation ग्रैजुएशन *n* **1** (स्नातक-) उपाधि-प्राप्ति, उपाधि-ग्रहण, **2** क्रमनिर्धारिण, **3** निशान (लगाना)

Graecism ग्रीसिज़्म *n* ग्रीक मुहावरा या शैली (तथा उसका अनुकरण)

graft¹ ग्राफ़्ट *n* **1** एक पेड़ की टहनी जो काट कर दूसरे पेड़ की टहनी में लगाई जाती है (और उससे ख़ुराक ले कर बढ़ती है), कलम, पैवन्द, **2** (surg) एक जगह से काट कर दूसरी जगह लगायी गयी सजीव त्वचा या मांसखंड या तन्तु आदि; त्वचा आदि का आरोपण

graft² *vt* **1** कलम लगाना, कलम बांधना [to ~ in, into, (up) on, together] **2** त्वचा आदि आरोपित करना, **3** (*fig*) **to ~ sth in, upon, sth** दो चीज़ों को मिला कर एक कर देना, अटूट संबंध स्थापित करना

graft³ *n* & *vi* (*colloq*) **1** (वि० राजनीतिक या व्यापारी क्षेत्रों में अपने प्रभाव का दुरुपयोग कर के) बेईमानी से रुपया बनाना, बेईमानी का रुपया, रिश्वत, घूस, घूसख़ोरी, *vi* रिश्वत लेना या देना

Grail ग्रेल *n* (also **Holy** ~) वह कटोरा या रकाबी जिसमें ईसा ने अन्तिम भोजन किया था और जिसमें जोज़फ (Joseph of Arimathea) ने क्रूस पर लटके ईसा का ख़ून ग्रहण किया था, होली ग्रेल

grain¹ ग्रेन *n* **1** (अनाज का) दाना, अनाज, ग़ल्ला, धान्य, **2** कण, रवा, ज़र्रा, लव, लेश, **not a ~ of common sense** समझदारी का लेश-मात्र भी नहीं, तनिक भी समझदारी नहीं, **3** छोटी से छोटी अंग्रेज़ी तोल (=आधी रत्ती), **4** लकड़ी का रेशा, (कोयले, पत्थर आदि की) परत, तह, **5** *hist* गहरा लाल रंग (जो एक प्रकार के कीड़ों से प्राप्त होता था); **to dye in grain** गहरे रंग में रंगना, पक्का रंग करना, **6** (*fig*) स्वभाव, प्रकृति, मिजाज, प्रवृत्ति, **to be** *or* **go against the grain** स्वभाव के विरुद्ध होना, प्रवृत्ति या रुझान के प्रतिकूल होना

grain² *vt* **1** गहरा या पक्का रंग करना, **2** (रंगने में) लकड़ी या संगमरमर जैसा चितकबरा बनाना, **3** (सतह को) दानेदार बनाना, **4** (पशु की) खाल से बाल साफ़ करना; *comb*: ~-dealer ग़ल्ला-व्यापारी, ~ **market** अनाज-मण्डी

gram¹ ग्रैम *n* चना, **2** घोड़े को खिलाया जाने वाला कोई अनाज

gram² (see gramme)

graminaceous ग्रैमि-नेशस; **gramineous** ग्रमि-निअस *aa* घास का, घास-जैसा

graminivorous ग्रैमि-निवरस *a* घासभक्षी

grammalogue ग्रैम-लॉग *n* (*short hand*) एकमात्र चिन्ह या रेखा से सूचित शब्द, शब्द को सूचित करने वाला अक्षर या वर्ण, ग्रामालोग

grammar ग्रैमर *n* 1 व्याकरण, व्याकरण-शास्त्र, **comparative** ~ दो या अधिक भाषाओं के व्याकरणों का तुलनात्मक अध्ययन, तुलनात्मक व्याकरण, 2 किसी कला या विज्ञान का आरंभिक ज्ञान, (कला आदि के) मूल-सिद्धान्त, मूल-नियम, 3 ~-school लैटिन (पढ़ाने के) स्कूल (जो सोलहवीं शताब्दी में खोले गये थे

grammarian ग्रमैअरिअन *n* 1 वैयाकरण, व्याकरण-शास्त्री, 2 भाषाविज्ञानी

grammatical ग्रमैटिकल *a* 1 व्याकरण का, 2 व्याकरण-सम्मत, व्याकरण के अनुसार, व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध, 3 (किसी कला के) मूल-सिद्धान्तों के अनुसार या अनुरूप; ~ly *adv* व्याकरण की दृष्टि से

gramme, gram ग्रैम *n* दशमिक प्रणाली में तोल की इकाई (=एक माशे से कुछ अधिक), ग्राम

gramophone ग्रैम-फ़ोन *n* ग्रामोफ़ोन, एक बाजा जिसमें घूमते हुए रिकार्ड पर सुई चलने से आवाज़ निकलती है

grampus ग्रैम्पस *n* 1 ह्वेल जाति का एक जन्तु जो ज़ोर-ज़ोर से सांस निकालता है और मुंह से पानी की धारा छोड़ता है, 2 ज़ोर-ज़ोर से सांस लेने वाला व्यक्ति

granary ग्रैनरि *n* 1 स्थान जहां गाहने के बाद अनाज भरा जाता है, खलिहान, अनाज-भंडार, कोठार, खत्ती, 2 प्रदेश जहां अनाज बहुत होता हो, धान्य बहुल प्रदेश

grand ग्रैन्ड *a* 1 शानदार, भव्य, बड़े ठाठ का, श्रेष्ठ, बहुत बढ़िया, उत्तम, महान्, उदात्त [~ style], **to do the grand** शान दिखाना, 2 संभ्रान्त, प्रतिष्ठित, कुलीन, अभिजात, महामना, उदार [~ old man], 3 बहुत महत्वपूर्ण, बड़ा, मुख्य, प्रधान, **the** ~ **question** महत्वपूर्ण प्रश्न, मुख्य प्रश्न, 4 अंशों या खंडों को जोड़ने से बना, कुल, अन्तिम, **grand total** कुल जोड़, 5 (बड़ी इमारत के विभिन्न भागों में से प्रत्येक का) मुख्य, **the** ~ staircase मुख्य सीढ़ी या ज़ीना या सोपान, the ~ entrance मुख्य प्रवेश-द्वार, 6 *comb*: ~child पोता, पोती, दोहता, दोहती, ~**daughter** पोती, दोहती, ~-father दादा, पितामह, नाना, ~**mother** दादी, नानी, ~son पोता, दोहता, ~**parent** दादा, दादी, नाना, नानी; **G**~ **prix** (see further); ~-**stand** (घुड़दौड़ या खेल के मैदान में) दर्शकों के बैठने का सीढ़ीनुमा छतदार स्थान, मुख्य दर्शक मंच

grandee ग्रैन्डी *n* (स्पेन या पुर्तगाल में) नवाब, अमीर, रईस; बहुत बड़ा आदमी

grandeur ग्रैन्जर *n* 1 महिमा, शोभा, शान [the ~ of the Himalayas]; भव्यता, गरिमा, गौरव, प्रताप, 2 उदार या उदात्त स्वभाव या प्रकृति, उदारता, श्रेष्ठता, 3 (रहन-सहन का) ठाठ-बाट, वैभव, ऐश्वर्य्य, विभूति

grandiloquence ग्रैन्-डिल-क्वन्स *n* 1 ओजपूर्ण या ओजस्विनी भाषा या वक्तृता या शैली, लच्छेदार भाषा (का प्रयोग), शब्दाडम्बर, 2 डींग

grandiloquent ग्रैन्-डिल-क्वन्ट *a* 1 ओजस्विनी भाषा या शैली का प्रयोग करने वाला, वाग्आडम्बरपूर्ण, 2 ओजस्विनी (शैली), ओजपूर्ण, ज़ोरदार, प्रभावशाली, 3 डींग मारने वाला; ~**ly** *adv* ओजस्वी या ज़ोरदार या प्रभावशाली ढंग से या शब्दों में

grandiose ग्रैन्-डिओस *a* 1 विशाल और रमणीय, बहुत बड़े पैमाने पर बनाया हुआ, बहुत शानदार, प्रभावशाली, भव्य, 2 राजसी, धूम-धाम का, ठाठ-बाट का, ठाठदार, वैभवशाली; **grandiosity** भव्यता

Grand Prix^{1} *F* ग्रॉं प्री *n* अन्तर्राष्ट्रीय मोटर-दौड़ प्रतियोगिता; ऐसी अनेक प्रतियोगिताओं में से कोई एक

grand prix^{2} सब से बड़ा पुरस्कार, सर्व श्रेष्ठ पुरस्कार, बड़ा इनाम

grange ग्रेन्ज *n* गांव के रईस या ज़मींदार का मकान जिससे सटे हुए खलिहान आदि भी हों, ग्राम-निवास, देहाती बंगला

grangerize ग्रेन्जराइज़ *vt* **to** ~ **a book** किसी पुस्तक को (प्रायः अन्य पुस्तकों से काटे हुए) चित्रों से खूब सजाना, पुस्तक में और चित्र जोड़ना

graniferous ग्र-निफ़रस *a* जिसमें दाने लगते हों या दानों की तरह बीज हों, धान्यमय, धान्यधर

granite ग्रैनिट *n* एक प्रकार का दानेदार पत्थर, मकराना, **to bite on** ~ व्यर्थ श्रम करना, व्यर्थ श्रम में लगे रहना

granivorous ग्र-निवरस *a* धान्यभक्षी

granny ग्रैनि *n* (*colloq*) नानी, दादी (के लिए स्नेहसूचक शब्द)

grant^{1} ग्रान्ट *vt* 1 (प्रार्थना आदि) स्वीकार करना [to ~ a request, prayer, etc], 2 (रियायत, अधिकार, जायदाद आदि) देना, प्रदान करना, बख़्शना [to ~ a concession, right, property, etc] 3 मानना, मान लेना, **Granted that** you are right माना कि तुम ठीक कहते हो, **to take sth for** ~**ed** (i) किसी बात को सच या निश्चित मान लेना (ii) तर्क के लिए किसी बात को पूर्व धारणा के रूप में स्वीकार करना, कोई बात फ़र्ज़ करना

grant^{2} *n* 1 स्वीकृति, मंज़ूरी, 2 देना, दान, प्रदान, 3 दी गई वस्तु या रकम, अनुदान; **grant-in-aid** सहायता-अनुदान, सहायतार्थ अनुदान, आर्थिक सहायता

grantee ग्रान्टी *n* जिसे अनुदान दिया जाये, अनुदान पाने वाला, अनुदानग्राही

grantor *nn* अनुदान देने वाला, अनुदाता

granular ग्रैन्युलर *a* 1 दानेदार, कणमय, कनीदार, रवेदार, 2 (of surface) खुरदरा; ~**ity** *n* 1 कणवत्ता, 2 खुरदरापन

granulate ग्रैन्युलेट *vt* & *i* 1 दानेदार बनाना या बनना [~d sugar], 2 (किसी की सतह को) खुरदरा बनाना, 3 (घाव) भरने लगना, अंगूर आना; **granulation** *n* 1 (of sugar) दानेदार या कनीदार बनना, 2 (of wound) अंगूर आना, भरना, (in *pl*) अंगूर

granule गैन्यूल *n* छोटा कण, कणी, कणिका, कनी, दाना, रवा

grape ग्रेप *n* 1 अंगूर, *Prov*: **The grapes are sour** अंगूर खट्टे हैं अर्थात् किसी चीज के अप्राप्य या दुर्लभ होने पर उसे ख़राब कहना, 2 *comb*: **~fruit** चकोतरा, **~-shot** छर्रा, **~-sugar** अंगूर की चीनी, द्राक्षा-शर्करा, ग्लूकोस

graph ग्रैफ़, ग्राफ़ *n* & *vt* रेखा-चित्र (बनाना), ग्राफ़ (बनाना)

graphic ग्रैफ़िक *a* (of description) स्पष्ट, विशद, सजीव, जीता-जागता, तसवीर खींच देने वाला, चित्रवत्, चित्रोपम; **~ally** *adv* 1 चित्र की भांति, चित्रवत्, विशद रूप से, 2 लिख कर, 3 रेखाचित्र या नक्शा या ग्राफ़ बना कर

graphics ग्रैफ़िक्स *n* (usu treated as *sing*) रेखाचित्र का बनाना; रेखाचित्र का प्रयोग, रेखा-चित्रविज्ञान

graphite ग्रैफ़ाइट *n* पेन्सिल का सुरमा, कार्बन या कोयले की एक क़िस्म

graphology ग्रफ़ॉल-जि *n* 1 लिखावट से व्यक्ति के चरित्र का अनुमान करने की विद्या, हस्तलेख-विज्ञान, 2 रेखाचित्रों या ग्राफ़ों के फ़ारमूले

grapnel ग्रैप्नल *n* 1 लोहे के पंजे से युक्त औज़ार जिसे कोई चीज़ (वि० शत्रु का जहाज़) पकड़ने के लिए रस्से से बांध कर फेंका जाता है, अंकुड़ा 2 लोहे की अँकुड़ियों का गुच्छा जिससे कुएं में गिरे हुए बरतन निकाले जाते हैं, कांटा, अँकुड़ा, 3 नावों के लिए छोटा लंगर (जिसमें कई) अँकुड़े या कांटे लगे रहते है), कांटा-लंगर

grapple ग्रैपल *n* & *vt* & *i* 1 कांटा (= prec) 2 गुत्थम-गुत्था; *vt* 1 (कांटे की तरह) पकड़ लेना; 2 *vi* पहलवानों की तरह एक-दूसरे को पकड़ लेना, गुत्थम-गुत्था होना, 3 हाथापाई करना, जकड़ना [to ~ **with** s.o.; to ~ **together**] 4 **to ~ with a task, difficulty, etc.** काम में जुटना, काम निपटाने की जी तोड़ कोशिश करना, कठिनाई को सुलझाने या कठिनाई पर विजय पाने की कोशिश करना, 5 संघर्ष करना, जूझना

grasp^1 ग्रास्प *vt* & *i* 1 पकड़ना, ग्रहण करना, **to ~ the nettle** कठिनाई या ख़तरे का साहसपूर्वक सामना करना, कठिनाई को सुलझाने का प्रयत्न करना, **to ~ the opportunity** मौके को हाथ से न जाने देना, 2 समझना, (भाव, आशय) ग्रहण करना, भांपना, an argument difficult to ~ मुश्किल से समझ में आने वाली दलील, दुरूह तर्क, 3 *vi* to ~ **at** sth किसी चीज़ को पकड़ने की कोशिश करना, कोई चीज उत्सुकतापूर्वक स्वीकार करना

grasp^2 *n* 1 पकड़, पहुंच, पंजा, चंगुल, वश, काबू, **beyond one's ~** पहुंच के बाहर, **within one's ~** पहुंच के भीतर, जिसे पकड़ा जा सके, to elude s.o.'s ~ किसी की पकड़ में न आना, 2 समझ, बोध, बुद्धि, समझने की शक्ति [beyond one's ~]

grass ग्रास *n* & *vt* 1 घास, **not to let the grass grow under one's feet** काम करने में विलम्ब या देरी न करना, आज का काम कल पर न छोड़ना, समय नष्ट न करना [The ~ does not grow under my feet], 2 चराने का काम, चराई, **to be at ~** (*fig*) बेकार या ख़ाली होना; छुट्टी पर होना, 3 घास का मैदान, चरागाह, 4 *comb*: **~-roots** (i) कृषि पर निर्वाह करने वाले या गांवों में बसने वाले लोग, (ii) निम्नतम स्तर की जनता, साधारण लोग [In framing national policies the leaders must not neglect the grassroots] *attrib* साधारण जनता का [It is a grassroots movement], **~-widow** प्रोषित भर्तृका, **~-widower** पुरुष जिसकी पत्नी परदेस में हो, प्रोषितपत्नीक; *vt* 1 (मैदान में) घास लगाना या उगाना, 2 (शत्रु को) मार गिराना, बिछा देना, धराशायी करना, 3 (पटसन का रंग उड़ाने के लिए उसे) घास पर बिछा देना

grasshopper ग्रास्हॉपर *n* टिड्डा

grate^1 ग्रेट *n* अंगीठी; अंगीठी की जाली या जंगला

grate^2 *vt* & *i* 1 रगड़ना, खुरदरी सतह पर रगड़ कर चूरा-चूरा करना, 2 to ~ one's teeth दांत पीसना या कटकटाना, 3 *vi* (of sound) अप्रिय या बुरा लगना, to ~ **upon** the ear कर्ण-कटु होना, 4 कर्कश ध्वनि करना, (of hinge etc) चरमराना

grateful ग्रेट्फ़ुल *a* 1 (of person) कृतज्ञ, आभारी, एहसानमंद [to be ~ **to** s.o. **for** sth], 2 (of thing) अनुकूल, सुखद, आनन्ददायक, **~ly** *adv* कृतज्ञतापूर्वक, आभार या एहसान मानते हुए; **~ness** *n* कृतज्ञता, एहसानमंदी, आभार मानना

gratification ग्रैटिफ़िकेशन *n* (see foll) 1 प्रसन्नता, खुशी, सन्तोष, परितोष, तृप्ति, आनन्द [to do sth for one's own ~], 2 **illegal gratification** रिश्वत, घूस

gratify ग्रैटिफ़ाइ *vt* 1 खुश करना, प्रसन्न करना, संतुष्ट करना, तृप्त करना; **It is gratifying to note that . . .** यह देख कर बड़ी खुशी होती है कि . . . , [we are gratified with, to know, the result], 2 *arch* पारिश्रमिक या मेहनताना देना; घूस या रिश्वत देना, मुंह भरना, 3 (इच्छा, शोक आदि) पूरा करना [to ~ one's desire, fancy, whim, etc]

grating ग्रेटिङ्ग *n* जाली, झंझरी

gratis ग्रेटिस, ग्रैटिस, *a* & *adv* मुफ़्त, निःशुल्क बिना मूल्य

gratitude ग्रैटिट्यूड *n* कृतज्ञता, एहसानमंदी, आभार मानना

gratuitous ग्रट्यूइटस *a* 1 मुफ़्त (मिला या दिया हुआ), बिना मूल्य का, अनर्जित, सेंत का [~

help, advice, etc], 2 अकारण, अहेतुक, निरुद्देश्य, अनावश्यक, अनुचित, अनधिकृत, अवैध, निराधार, बिन मांगा, ~ insult अकारण अपमान, ~ lie, liar निरुद्देश्य झूठ, निरुद्देश्य झूठ बोलने वाला; ~ly *adv* 1 मुफ़्त, बिना मूल्य, सेंत-मेंत में, 2 अकारण, निरुद्देश्य, बे-मतलब, ख़ाह-मख़ाह

gratuity ग्र-ट्यूइटि *n* सेवा या सहायता के बदले में दिया गया धन, अनुग्रह-धन, इनाम, पुरस्कार, उपदान, आनुतोषिक, ग्रैच्विटी

gravamen ग्रवेमन *n* 1 *law* अभियोग या इलज़ाम का मुख्य या प्रधान अंश, अभियोग का सार, मुख्य आरोप, 2 शिकायत

grave ग्रेव *n* 1 क़ब्र, समाधि, मज़ार, **to have one foot in the grave** (see foot¹, 11) मरणासन्न होना; (of act) **to make s.o. turn in his grave** (ऐसा काम) जिससे कोई क़ब्र में दुःखी हो उठे, जिससे दिवंगत (की) आत्मा भी अशान्त हो उठे, 2 *fig* विनाश का कारण, मृत्यु, मरण, अन्त, श्मशान, मरघट, **to dig the ~ of** के विनाश का कारण बनना, की क़ब्र खोदना, **the grave of our reputation** हमारी कीर्ति के विनाश का कारण, 3 *comb*: **~-digger** क़ब्र खोदने वाला, **~yard** क़ब्रिस्तान

grave² *vt* (*pp* ~n *or* ~d) 1 *arch* खोदना, तराशनना, नक्काशी करना, 2 *fig* अमिट निशान बनाना, अमिट छाप छोड़ना, graven on his memory, mind etc. उसके स्मृति-पटल या मन पर अंकित

grave³ *a* 1 गंभीर, संजीदा, उदास, 2 (of mistakes, faults, difficulties, symptoms) भारी, भयङ्कर, घोर, ख़तरनाक, चिन्ताजनक, 3 महत्वपूर्ण, विचारणीय, 4 भव्य, शानदार, गरिमामय

grave⁴ *vt* (जहाज़ के तले की) सफ़ाई करना **graving dock** (जहाज़ की सफ़ाई तथा मरम्मत करने की) सूखी गोदी

grave⁵ ग्रेव, ग्राव *a* (of accent) अनुदात्त

gravel ग्रैवल *n* & *vt* 1 बजरी, बारीक रोड़ी, कंकर, रेत-कंकर, 2 (*geol*) रेत-कंकर की तह या परत, 3 (*path*) पथरी; *vt* 1 (सड़क पर बजरी या रोड़ी बिछाना [to ~ a road] 2 (व्यक्ति को) चक्कर में डालना, उलझन में डालना, हक्का-बक्का करना, हैरान करना

gravid ग्रैविड *a* 1 (*liter* or *zool*) गर्भवती, गर्भिणी, (चौपायों के लिए) गाभिन, 2 ~ with ideas विचारगर्भित

gravitate ग्रैविटेट *vi* 1 गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव से किसी पिंड की ओर खिचना या खिंचा जाना, आकर्षित होना [to ~ to, towards, sth], 2 धरती पर गिरना, 3 किसी आकर्षक वस्तु या आकर्षण केन्द्र का ओर खिंचा जाना [Educated young men in the villages are gravitating towards the cities]

gravitation ग्रैविटेशन *n* 1 गुरुत्वाकर्षण, आकर्षण, 2 पिंडों का धरती पर गिरना, *a.* **~al** गुरुत्वाकर्षण का, गुरुत्वीय, गुरुत्व-

gravity ग्रैविटि *n* 1 (स्वभाव की) गंभीरता, संजीदगी, धीरता, संयमी स्वभाव, शांत स्वभाव, मर्यादित आचरण, 2 गंभीरता, चिन्ताजनक होना [~ of the situation]; महत्व, अहमियत, [~ of the occasion], 3 गुरुत्व, भारीपन, भार, **centre of gravity** गुरुत्वकेन्द्र, 4 गुरुत्वाकर्षण, पृथ्वी का आकर्षण, (ग्रहों का परस्पर) आकर्षण; **force of ~** गुरुत्वाकर्षणशक्ति

gravure ग्रव्युअर *n* (*short for*) photogravure

gravy ग्रेवि *n* गोश्त का शोरबा, यख़नी

gray *a* see grey

grayling ग्रेलिङ्ग *n* 1 हल्के सलेटी रंग की नदी या तालाब की मछली, 2 एक प्रकार की तितली (जिसके पंख की निचली ओर सलेटी रंग की होती है)

graze¹ ग्रेज़ *vi* & *t* चरना, चराना, चरने जाना, चराने ले जाना; **grazing ground** चरागाह, चरनी

graze² *vt* & *i* & *n* 1 पास से निकलते हुए तनिक छू जाना, छूते हुए निकल जाना [to ~ against,, along, past, sth], 2 छील देना, खरोंचना, छिलना, खरोंच लगना; *n* खरोंच, रगड़, छिलन

grazier ग्रेज़िअर *n* चरवाहा; **~y** *n* चरागाह, चरनी

grease ग्रीस *n* 1 चिकनाई, चिकनी चीज़, तेल, 2 (हिरन आदि की) चर्बी, वसा, **in grease** मोटा-ताज़ा (अतएव) शिकार के लायक, 3 (साफ़ करने से पहले) ऊन की चिकनाई या मैल, 4 घोड़े की एड़ी का रोग

grease ग्रीज़ *vt* 1 चिकनाई लगाना, चिकना करना, चिकनाना [to ~ a machine], 2 (वस्त्र आदि) मैला या गन्दा करना, 3 अभ्यंजन लगाना, 4 **to ~ the palm of s.o.** रिश्वत देना, मुट्ठी गरम करना, **to ~ the wheels** (धन आदि दे कर) काम बनाना, 5 विघ्न दूर करना, (in *pass*) घोड़े की एड़ियों में रोग लगना

greasy ग्रीसि,-ज़ि 1 चिकना, चिकनाई से सना हुआ, 2 (of wool) गन्दी, मैली, जो काटने के बाद साफ़ न की गई हो, 3 (of horse) एड़ी के रोग से ग्रस्त, 4 कीचड़ में लथपथ, मैला-कुचैला

great ग्रेट *a* 1 बड़ा, बहुत बड़ा, बृहदाकार, विशाल, लंबा-चौड़ा, 2 महा, महान्, बड़ा, ~ man महापुरुष the G~ ऐतिहासिक दृष्टि से महान्, Alexander, the G~ अलक्ज़ेण्डर महान् 3 महत्वपूर्ण, असाधारण, ख़ास, बहुत ज़रूरी [a ~ occasion], 4 बहुत योग्य, बहुत अच्छा, शानदार, He is a ~ player वह बड़ा शानदार या मंजा हुआ खिलाड़ी है; कुशल, सिद्धहस्त [He is ~ at cricket]; 5 ऊंचा, उच्च, उदात्त, उदार [~ thoughts], 6 बहुत, भारी, बड़ा भारी, बहुत अधिक [~ loss, ~ ignorance

~ folly, etc.]; **the ~ majority** लोगों आदि की बहुत बड़ी संख्या, 7 the greater part अधिकांश, अधिकतर भाग,8 **Greater Bombay** बृहत्तर बंबई, बम्बई और उसके उपनगर (so also **Greater London**); 9 *comb*: great grandson परपोता, परदोहता, **great** grandfather परदादा, प्रपितामह; परनाना, प्रमातामह; graet grandmother प्रपितामही, परनानी, प्रमातामही; **G~ Power** महान् सैनिक तथा आर्थिक शक्ति के कारण अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में बहुत महत्व रखने वाला राष्ट्र, महान् राष्ट्र, बड़ा राष्ट्र; **G~ war** (1914-18 का) महायुद्ध

greatly *adv* 1 बहुत, बहुत अधिक, अत्यन्त अतीव, 2 उदारतापूर्वक

greatness *n* 1 विशालता, लंबाई-चोड़ाई, 2 महत्ता, महानता, महिमा, गौरव, गरिमा, उदारता, 3 महत्व, बड़ाई, अच्छाई, बड़प्पन, शान, विशेषता

greave ग्रीव *n* (usu in *pl*) टांग (के घुटने से निचले भाग) का कवच

greaves *n pl* चर्बी का निकृष्ट भाग (जो कुत्तों को खिलाया जाता है)

Grecian ग्रीशन *a* & *n* 1 ग्रीस या यूनान का, यूनानी, **~ knot** यूनानी ढंग का जूड़ा, 2 ग्रीक या यूनानी भाषा का विद्वान्

Greece ग्रीस *n* यूनान, ग्रीस

greed ग्रीड *n* लालच, लोभ, लोलुपता, धन-लोलुपता, **greedily** ग्रीडिलि *adv* लोलुपता से, उत्सुकता से; पेटू की भांति; **greediness** *n* 1 लोभी स्वभाव, लोलुपता, उत्सुकता, 2 खाने का लोभ, खाऊपन, अतिभोजिता, **greedy** ग्रीडि *a* 1 पाने का इच्छुक, लोभी, लालची, उत्सुक, लोलुप [~y of honours], 2 खाऊ, पेटू, खाने का लोभी, अतिभोजी

Greek ग्रीक *n* & *a* 1 यूनान्-निवासी, यूनानी जाति का, ग्रीक, 2 *arch* कांइयां आदमी, ठग, 3 ग्रीक भाषा; **It is all Greek to me** यह मेरी समझ के बाहर है, मैं इसका एक अक्षर भी नहीं समझ सकता, 4 ईसाई धर्म की ग्रीक शाखा का अनुयायी, *a* 1 यूनान का, यूनानियों का, यूनानी, 2 यूनानी भाषा का, 3 **Greek Church** (also Orthodox or Eastern Church) ईसाई संप्रदाय की ग्रीक शाखा (जो नवीं शताब्दी में रोम के ईसाई संप्रदाय से अलग हो गई थी और जिसमें यूनान, तुर्की और रूस आदि के ईसाई हैं), 4 **Greek gift** हानि पहुंचाने के लिए दिया हुआ उपहार, कपटपूर्ण उपहार [Ref. to the Wooden Horse]

green^1 ग्रीन *a* 1 हरा, हरित, सब्ज़, धानी, 2 घास-पात या शाक-सब्ज़ियों या पेड़-पोधों से ढका हुआ, हरा-भरा, 3 *fig* ईर्ष्यालु, 4 (of memory) ताजा; 5 (of fruit) कच्चा, अपरिपक्क, ताज़ा, जो सूखा न हो; 6 (of person) अनुभवहीन, अनभिज्ञ, धोखा खा जाने वाला, भोला [He is not so ~], 7 *comb*: **~ crop** (चारे के लिए) हरी फ़सल, **~ eye** ईर्ष्या, जलन, डाह, **~-eyed** ईर्ष्यालु, **greengrocer** फल और शाक-सब्ज़ी बेचने वाला, कुंजड़ा, **greengrocery** फल और तरकारियां, **~horn** मूर्ख, बुद्धु, अनाड़ी, अनुभवहीन आदमी, **~house** कोमल पोधे उगाने के लिए शीशे का घर, **green manure** हरे पोधों की खाद, हरी खाद, **Green revolution** खेती की उपज में भारी वृद्धि, कृषि क्रान्ति, हरित क्रान्ति, **~ room** (अभिनेताओं का) प्रतीक्षा-कक्ष, वेश-कक्ष, सज्जाकक्ष; **~wood** हरा-भरा जंगल, **~ wound** ताजा जखम, घाव जो अभी भरा न हो

green^2 *n* 1 हरी चीज, किसी चीज़ का हरा भाग; 2 हरा रंग; 3 बुद्धूपन का चिह्न, **Do you see any green in my eye?** क्या तुम मुझे बुद्धू समझते हो? 4 योवन, साहस, बल, पौरुष, 5 हरियाली, पेड़-पोधे, वनस्पति; in *pl* हरी सब्जियां (पकाई हुई अथवा कच्ची), 6 हरा मैदान, घास का मैदान [village ~]

green^3 *vi* & *t* 1 हरा होना (वि० पेड़-पोधों से), 2 *vt* हरे रंग में रंगना

greenery ग्रीनरि *n* हरियाली, हरे-भरे पेड़-पोधे, वनस्पति

Greenwich ग्रिनिच, ग्रीनिच *n* लन्दन के निकट (दक्षिण में) स्थित नगर जहां पहले एक बड़ी वेधशाला थी, **Greenwich mean time** (G.M.T.) लन्दन (की घड़ियों) का समय (जो इंगलैंड तथा कुछ अन्य देशों का मानक समय है)

greet ग्रीट *vt* 1 नमस्कार करना, प्रणाम करना, अभिवादन करना, 2 स्वागत करना, अभिनन्दन करना, to ~ an announcement with cheers तालियां बजाकर (या करतल-ध्वनि, या हर्षध्वनि से) घोषणा का स्वागत करना या अभिनन्दन करना, 3 किसी के आने या किसी से मिलने पर प्रसन्नता या अप्रसन्नता आदि भाव व्यक्त करना [to ~ s.o. **with** cheers, jeers, etc], **4** (of cheers, etc) to ~ the ear (हर्षध्वनि) कर्णगोचर होना, सुनाई देना; (of sight) to ~ the eye (दृश्य) दिखाई देना, दृष्टिगोचर होना

greeting ग्रीटिङ्ग *n* 1 बधाई, मुबारकबाद, शुभकामना [~ card], 2 नमस्कार, प्रणाम, वंदना, अभिवादन,

gregarious ग्रिगे`अरिअस *a* 1 (of animal) झुंड में रहने वाला, यूथचर, यूथचारी, 2 समुदाय में रहने वाला, समाजप्रिय [Men are ~], 3 (bot) गुच्छों में उगने वाला, 4 झुंड या गिरोह का; भीड़ या समुदाय का; **~ly** *adv* झुंड में, झुंड बनाकर

Gregorian ग्रिगॉरियन *a* 1 पोप ग्रेगरी त्रयोदश द्वारा प्रवर्तित या स्थापित, **Gregorian calender** पूर्वोक्त पोप द्वारा 1582 में संशोधित रोमन कैलंडर जो इंग्लैंड में 1752 से प्रचलित हुआ, (आधुनिक) अंग्रेज़ी कैलंडर

grenade ग्रिनेड *n* 1 हाथ से फेंका जाने वाला बारूदी गोला, हथगोला (also **hand-~**), राइफ़ल

से फेंका जाने वाला गोला, राइफ़ल का गोला (rifle ~), 2 fire-~ रासायनिक द्रव्यों से भरा शीशे का गोला जिसे फेंक कर आग बुझाई जाती है, आग बुझाने का गोला

grenadier ग्रे़ॅन-डियर *n* (hist) हथगोले फेंकने वाला सिपाही, (*now*) **G~s** *or* **G~ Guards** सम्राट् का अंगरक्षक पैदल दस्ता

grenadine^1 ग्रे़ॅन-डिन *n* एक प्रकार का रेशमी अथवा ऊनी-रेशमी कपड़ा

grenadine^2 ग्रे़ॅन-डीन *n* फ्रांस का बना अनार का शरबत

gressorial ग्रे़सॉरिअल *a* (*zool*) 1 पैरों से चलने वाला, पादचारी, 2 चलने में सहायक, चलनार्थ

grey, gray ग्रे *a & n* 1 सलेटी (रंग का), राख के रंग का, धूसर, 2 (of hair) सफ़ेद, (of person) जिसके बाल सफ़ेद हो गये हों या पक गये हों, बूढ़ा, वृद्ध, वयोवृद्ध, अनुभवी (also **~-haired**, **~-headed**), 3 **greybeard** बूढ़ा आदमी ; **~ mare** (*fig*) पति पर हुक्म चलाने वाली पत्नी; **grey matter** मस्तिष्क का सार भाग, मस्तिष्क, दिमाग़, भेजा; *n* 1 सलेटी रंग, धूसर वर्ण, 2 सलेटी रंग की पोशाक, धूसर वेश, 3 (आकाश मेघाच्छन्न होने पर) धुंधला प्रकाश, 4 सलेटी रंग का घोड़ा

greyhound ग्रेहाउन्ड *n* लंबी टांगों वाला शिकारी कुत्ता (जिससे ख़रगोश का पीछा करवाते हैं)

greylag *n.* ~ **(goose)** यूरोप का जंगली हंस (see goose)

grid ग्रिड *n* 1 समानान्तर छड़ों का बना चौखटा, 2 रेलों का जाल, 3 बिजली वितरण के तारों का जाल, विद्युत् का मुख्य या राष्ट्रीय वितरण केन्द्र, ग्रिड, 4 मांस भूनने की जाली (= gridiron)

griddle ग्रिडल *n* (केक पकाने का) तवा

gride ग्राइड *vi & n* कर्कशध्वनि करते हुए काटना या छीलना या रगड़ना; *n* कर्कश ध्वनि, किरकिराहट

gridiron ग्रिड्-आइअन *n* 1 मांस भूनने की जाली, 2 (*naut*) समानान्तर शहतीरों का बना चौखटा जिसके ऊपर चढ़ा कर जहाज की मरम्मत की जाती है

grief ग्रीफ़ *n* शोक, विषाद, भारी दुःख, भारी या अत्यन्त खेद, **to come to grief** (i) (of person) बुरा हाल होना, बरबाद होना, (ii) (of scheme) असफल होना, धरा रह जाना

grievance ग्रीवंस *n* जिस बात की शिकायत की जाये, शिकायत, गिला, दुःख, तकलीफ़, कष्ट

grieve ग्रीव *vt* 1 दुःख का कारण होना, दुःख देना [He ~d his mother]; it ~s me to see that... मुझे यह देख कर दुःख होता है कि . . ., I am ~d to learn that . . . मुझे यह जान कर बड़ा दुःख हुआ है कि . . ., 2 दुःखी होना, अफ़सोस करना [to ~ **at, for, about, over**, sth]

grievous ग्रीवस *a* 1 दुःखद, दुखदाई, कष्टप्रद, हानिकर, 2 भयङ्कर, भीषण, घोर, भारी [~ error, fault, loss, etc], 3 (of pain, hurt, wound) सख़्त, गहरा, खतरनाक, दारुण

griff ग्रिफ़ *n* (*sl*) समाचार, विश्वसनीय सूचना

griffin ग्रिफ़िन, **griphon** ग्रिफ़न *n* (*myth*) सिंह के धड़ तथाउकाब के सिर और पंखों वाला जन्तु

griffon ग्रिफ़न *n* यूरोपियन जाति-विशेष का कुत्ता

grig ग्रिग *n* 1 छोटी सर्पाकार मछली, सर्पमीन, 2 टिड्डा, 3 **merry** *or* **lively as a grig** बहुत ज़िन्दादिल, आनंदित, उल्लसित

grill^1 ग्रिल *vt & i* 1 मांस को सीख़ों अथवा जाली पर भूनना, सेंकना; भुनना, 2 तपाना, तपना, जलाना, जलना, 3 (*fig*) बहुत कष्ट देना, सताना, खूब ख़बर लेना 4 *vt* (वि॰ पुलिस द्वारा किसी से) खूब पूछ-ताछ करना; कठिन प्रश्न पूछना [The Minister was grilled in Parliament]

grill^2 *n* मांस भूनने की जाली, भुना हुआ मांस, मछली आदि

grille, grill *n* 1 (खिड़कियों आदि में लगाने के लिए) सीख़ों आदि की बनी जाली, झिलमिली, झंझरी, जंगला, 2 झांकने के लिए द्वार में बना छिद्र, गवाक्ष, गवाक्ष जाल

grim ग्रिम *a* 1 सख़्त, कड़ा, कठोर, निष्ठुर, ~ determination दृढ़ संकल्प, ~ truth कठोर सत्य; **to hold on like ~ death** बड़ी मज़बूती से पकड़े रहना, 2 गंभीर मुद्रा बनाये हुए, जिसकी मुखाकृति या मुद्रा गंभीर हो, डरावना, भीषण, विकराल, पैशाचिक [a ~ smile], 3 अप्रिय, मनहूस, अशुभ; ~**ly** 1 सख़्ती या कठोरता से, 2 डट कर, पूरे जोश से [to fight ~ly]; ~**ness** *n* 1 भयंकरता, भीषणता, उग्रता [~ness of the battle], 2 दृढ़ता, सख़्ती, कठोरता

grimace ग्रिमेस *n & vi* खीज या झुंझलाहट व्यक्त करने की मुखमुद्रा, हंसाने अथवा चिढ़ाने के लिए बनाई गई मुखमुद्रा, मुखविकृति [He was making grimaces], *vi* मुंह बनाना, मुंह चिढ़ाना

grimalkin ग्रिमैल्किन *n* 1 बूढ़ी बिल्ली, 2 ईर्ष्यालु बुढ़िया

grime ग्राइम *n & vt* (त्वचा आदि में धंसी या जमी हुई) मैल, गर्द, धूल, कीचड़, कालिख; *vt* मैला या गन्दा करना, कालिख पोतना

grimy ग्राइमि *a* गन्दा, मैला-कुचैला, धूल या कीचड़ से भरा

grin^1 ग्रिन *vt* (-nn-) 1 दांत दिखाना, दांत निकालना, ज़ोर से हंसना, खिलखिलाना, to grin at s.o. (i) किसी को देख कर खिलखिला उठना, (ii) किसी का उपहास करना, किसी पर हंसना, 2 खीसे निकालना, 3 **to grin and bear it** हंसते-हंसते (कष्ट, पीड़ा आदि) सहना, 4 **to grin like a Cheshire cat** अट्टहास करना

grin^2 *n* 1 ऐसी हंसी जिसमें मुंह अच्छी तरह खुल जाये, ठहाका, अट्टहास, to give a broad ~ खिलखिलाना, ठहाका मारना, अट्टहास करना,

grind^1 ग्राइन्ड *vt & i* (ground) 1 पीसना,

चूर्ण करना [to ~ wheat, coffee, etc.], 2 चबाना [to ~ sth between one's teeth], 3 **to ~ one's teeth** दांत पीसना, 4 रगड़ना, घिसना, घिस कर तेज़ करना [to ~ a knife]; 5 कर्कश ध्वनि करते हुए रगड़ना [to ~ **on, into,** **against**, sth], (*of heavy vehicle*) **to grind to a halt** गड़गड़ाहट करते हुए रुक जाना, 6 *fig* तंग करना, सताना, दबाना, दमन करना, अत्याचार करना, **to ~ (down) the poor; to ~ the faces of the poor** गरीबों पर अत्याचार करना, *vi* घोर परिश्रम करना, बहुत पढ़ना [**to ~ for an exam.**], **8** बड़े परिश्रम से पढ़ना या पढ़ाना, [to ~ a subject; to ~ a pupil in a subject]

grind^2 *n* 1 उकता देने वाला घोर परिश्रम, कठिन एवं अरुचिकर काम, **the daily ~** दिन-प्रतिदिन का काम, 2 अत्याचार, दमन, उत्पीड़न, 3 व्यायाम के लिए सैर, 4 लंबी दौड़ या घुड़-दौड़

grinder ग्राइन्डर *n* 1 चबाने का दान्त, चर्वणक, दाढ़ (cf incisor), 2 पीसने की मशीन, चक्की, 3 चक्की का ऊपर वाला पाट, 4 (आटा) पीसने वाला, पिसनहारा, पिसनहारी, 5 **coffee-~** काफ़ी पीसने की मशीन

grinding ग्राइंडिंग *a* 1 ~ sound कर्कश ध्वनि, 2 ~poverty कुचल देने वाली दरिद्रता, घोर दरिद्रता, ~ tyranny, घोर अत्याचार

grindstone ग्राइन्ड्स्टोन *n* 1 चक्की (का पत्थर), चक्की का पाट; **to keep, hold, one's (s.o.'s) nose to the ~** काम में जुते रहना; किसी को काम में जोते रखना; 2 चाकू आदि तेज़ करने का चक्राकार पत्थर, सान

grip^1 ग्रिप् *n* 1 पकड़, जकड़ [to take a ~ on a rope रस्सी को कस कर पकड़ना], 2 गुत्थम-गुत्था, **to be at ~s with the enemy** शत्रु के साथ घमासान युद्ध होना, **to come to ~s with s.o.** किसी के साथ गुत्थम गुत्था होना, 3 पंजा, चंगुल, काबू, वश, कब्जा, अधिकार; **to get a ~ on sth** किसी चीज़ पर काबू पाना, [to have, get, a good ~ on the situation], 4 समझ, बोध, [to have a good ~ of a subject], 5 (of weapon) मूठ, दस्ता, 6 (of machinery) खटका, आंकड़ा

grip^2 *vt* & *i* (-pp-) 1 पकड़ना, जकड़ना, कस लेना, बांध लेना, 2 वश में करना, काबू पा लेना, वशवर्ती बना लेना

gripe ग्राइप *vt* & *i* & *n* 1 कसकर पकड़ना, 2, सताना, 3 उदरशूल पैदा करना, **griping pain** उदरशूल, 4 (जहाज़ को) रस्से, कांटे आदि से बांधना, *n* 1 पकड़, 2 in *pl* उदर-शूल, मरोड़, 3 in *pl* (*naut*) जहाज़ के रस्से, कांटे, लंगर आदि 4 (औज़ार की) मूठ; **gripe-water** (वि० छोटे बच्चों की) उदर-वायु को दूर करने की दवा, वातहर-जल

grisly ग्रिज़्लि *a* रोंगटे खड़े करने वाला, डरावना, भयंकर, भीषण, पैशाचिक, मनहूस [~ shadow]

grist ग्रिस्ट *n* पिसने का अनाज; (*fig*) **That brings grist to the mill** यह लाभदायक चीज़ या बात है, इससे (हमें) लाभ होगा; **All is grist that comes to his mill** वह हर बात से फ़ायदा उठा लेता है; हर चीज़ का उपयोग कर लेता है

gristle ग्रिसल *n* कोमल हड्डी, उपास्थि

grit^1 ग्रिट *n* & *vi* 1 पत्थर के छोटे टुकड़े या कंकर या रेत (वि० वे जो मशीन में पड़कर उसे जाम कर देते हैं), कंकरी, 2 = gritstone, see below), 3 *colloq* चरित्रबल, कठिनाइयों के बावजूद काम पर डटे रहने का स्वभाव, चरित्र की दृढ़ता, धैर्य्य, सहन-शक्ति, हिम्मत, साहस, [He is a man of ~; he has plenty of ~]; *vi* & *t* 1 कर्कश ध्वनि करना, 2 दांत पीसना या कटकटाना [**to grit one's teeth**], 3 (वि० बर्फ़ से ढकी सड़क पर) कंकरी बिछाना, **gritstone** *n* बलुआ पत्थर; **gritty** *a* कंकरी वाला, कंकरीदार, कंकरीला, रेतीला [gritty soil]

grits ग्रिट्स *n* जई का आटा

grizzled ग्रिज़ल्ड *a* (of hair, person) कुछ-कुछ सफ़ेद, कुछ-कुछ सफ़ेद बालों वाला

grizzly ग्रिज़्लि *a* & *n* 1 *a* = grizzled, 2 *n* (also ~ **bear**) उत्तरी अमरीका का एक बड़ा रीछ

groan ग्रोन *vi* & *t* & *n* 1 कराहना, आर्तनाद करना, (विरोध या असहमति व्यक्त करने के लिए) चिल्लाना या चीखना, **to ~ inwardly** तड़पना, उद्विग्न होना, **to ~ under injustice, tyranny, etc.** अन्याय, अत्याचार आदि से पिसना, 2 *vt* to ~ **down** a speaker चिल्ला-चिल्ला कर वक्ता को चुप करा देना; *n* चीख़, ख़-पुकार, कराहने की आवाज़, आर्तनाद

groats ग्रोट्स *npl* जई का दलिया

grocer ग्रोसर *n* सूखे मेवे, मिर्च-मसाले, चीनी आदि बेचने वाला बनिया, पंसारी; ~y *n* 1 पंसारी का सामान, किराना (usu in *pl* in this sense), 2 पंसारी का व्यवसाय

grog ग्रोग *n* 1 ह्विस्की आदि तेज़ शराब में पानी मिला कर बना पेय, 2 पान-गोष्ठी (जिसमें ऐसा पेय पिया जाये)

groggy ग्रोगि *a* लड़खड़ाता हुआ, डगमगाता हुआ

groin ग्रॉइन *n* 1 रान और पेट का सन्धि-स्थान, ऊरुमूल, 2 *archit* (i) खरबूज़े पर की रेखाओं के समान गुंबज की रेखाओं में से एक; (ii) (खरबूज़े की फांकों के समान) गुंबज की मेहराबों में से एक, ग्रोइन

groom^1 ग्रूम *n* 1 घोड़ों की देखभाल करने वाला नौकर, साईस, अश्वपाल, 2 घुड़दौड़ में घोड़े का सवार, जाकी, 3 (इंगलैंड आदि देशों में) सम्राट् या नरेश के घर पर काम करने वाले अफ़सरों में से एक, 4 वर, दूल्हा, **~sman** दूल्हे का साथी, सहबाला

groom^2 *vt* 1 (घोड़े की) देख-भाल करना, (घोड़े को) खरहरा करना, दाना खिलाना आदि, 2 (व्यक्ति

को) तैयार करना [to ~ s.o., as a political candidate, for a career], 3 बनाव-सिंगार करना

groomed *a.* **well-groomed** (i) (of horse) जिसकी अच्छी तरह देख-भाल हो रही हो, (ii) (of person) जिसने अपने बाल अच्छी तरह संवारे हों, खूब बना-ठना

groove ग्रूव *n* & *vt* 1 खांच, खांचा, झिरी, नाली, ~ of a column खंभे की खड़ी नाली, 2 लीक, लकीर, काम करने का बंधा हुआ ढंग, ढर्रा, नित्य प्रति का काम, नित्यचर्या [**to get into a ~; to get out of the groove**; cf rut], 3 (*gramophone*) **sound ~** ध्वनिपथ; *vt* खांचा बनाना, नाली बनाना

grope ग्रोप *vt* & *i* 1 टटोलना, **to ~ one's way** रास्ता टटोलना, टटोल टटोल कर चलना, बड़ी सतर्कता से चलना, 2 *vi* to ~ **for, after,** sth कोई चीज़ पाने के लिए इधर-उधर हाथ फैलाना या प्रयत्न करना, किसी चीज की खोज करना

gross ग्रोस *n* (*pl* same) बारह दर्जन, गुर्स, 144; **great ~** बारह गुर्स, **by the gross** बड़ी मात्रा में, थोक

gross^2 *a* 1 मोटा, मोटा-ताजा, जो खा-खा कर मोटा हो गया हो, हृष्ट पुष्ट, मांसल, फूला हुआ, 2 बहुत बड़ा, भारी, महा, गंभीर, भयङ्कर, घोर [~ injustice, ignorance, mistake, etc.] 3 ठोस, स्थूल, जो सूक्ष्म न हो, 4 अशिष्ट, गँवार, भद्दा, भोंडा, बेहूदा, 5 (of story) अश्लील, 6 (of amount, weight, etc.) कुल, सकल, थोक, **~ national product** देश में वर्ष भर में तैयार माल का मूल्य, देश के वार्षिक उत्पाद का कुल मूल्य, **~ revenue** कुल आय; कुल राजस्व; **~ value** कुल कीमत

grotesque ग्रोटेस्क *n* & *a* 1 सजावट के लिए बनाया गया ऐसा चित्र या मूर्ति जिसमें कुछ अंग मनुष्य के हों और कुछ पशु के तथा आसपास बेल-बूटे बने हों, 2 (*pop*) हास्यजनक आकृति; *a* 1 (*archit*) आधा मनुष्य और आधा पशु के आकार का, 2 बेडौल, बेमेल, बेढंगा, ऊटपटांग, आधा तीतर आधा बटेर, हास्यजनक, हास्यास्पद, भोंड़ा [~ appearance], बेहूदा, असंगत, बेतुका

grotto ग्रोटो *n* (*pl* -oes, -os) 1 सुरम्य या रमणीक गुफा, (वि० बाग में विश्राम के लिए) सजी हुई कृत्रिम गुफा, 2 सीपियों, शंखों आदि से गुफा की भांति सजाया हुआ कमरा

ground ग्राउन्ड *n* 1 धरती, भूमि, धरा, ज़मीन, मैदान [cricket ~, play ~, etc]; *attrib* धरती पर (न कि उड़ते विमान में) काम करने वाला [~ crew, ~ engineer], 2 समुद्र का तला, समुद्र-तल, **to touch ~** (i) (इधर-उधर की बातें करने के बाद) मतलब की बात पर आना, (ii) (of ship) धरती या तट पर चढ़ जाना, धरती में धंस जाना, 3 in *pl* तलछट (वि० काफ़ी की तलछट), 4 कारण, वजह, आधार [~ *or* ~s for complaint]; **on the ground(s) of** के कारण, की वजह से, 5 ज़मीन; (in embroidery) वह आधार जिसपर बेलबूटे बनाये जाते हैं, (painting) चित्र बनाने के लिए मसाले से तैयार की हुई सतह, 5 **down to the ~** पूर्णतया, सर्वथा, हर तरह से; **to cut the ~ from under s.o's feet** किसी की दलील या योजना को पहले से जान कर बेकार या विफल कर देना, दलील या योजना का आधार नष्ट कर देना, to dash s.o.'s hopes to the ~ किसी की आशाएं धूल या मिट्टी में मिला देना; **to fall to the ~** (of schemes etc.) निष्फल होना, विफल होना, बेकार या व्यर्थ सिद्ध होना, चौपट होना; मिट्टी में मिल जाना; **to hold, stand, one's ~** अपनी बात या दलील या इरादे पर जमे या अड़े रहना, डटे रहना; **to shift one's ~** अपनी दलील या इरादा बदल लेना; **to gain ~** (i) प्रगति करना, आगे बढ़ना, इलाका जीतना, (ii) of (idea, belief) फैलना; जड़ पकड़ना, रिवाज पाना, **to give ~** पीछे हटना, अवनति करना, **to lose ~** (i) इलाका शत्रु के हवाले करना, इलाका हारना, पीछे हटना (ii) साख खोना, साख उटना, प्रभाव घटना, 6 (*comb:*) **ground floor** पहली मंज़िल, ground(s)man (क्रिकिट आदि) खेल के मैदान की देख-भाल करने वाला आदमी, **ground-nut** मूंगफली, **ground-rent** ज़मीन का लगान, **groundwork** आधारभूत काम, बुनियादी काम; **ground-to-air missile** धरती से आकाश में मार करने वाला प्रक्षेपास्त्र, भू-व्योम प्रक्षेपास्त्र

ground^2 *vt* & *i* 1 (संस्था आदि की) बुनियाद या नींव रखना, स्थापित करना या होना, टिकाना, टिकना, 2 *fig* to ~ one's belief on fact etc. विश्वास को तथ्य पर आधारित करना; 3 to ground a pupil in Sanskrit etc. शिष्य को संस्कृत के मूल तत्वों की अच्छी तरह शिक्षा देना, 4 धरती पर रखना (वि० शस्त्रों को), *mil* **Ground arms!** शस्त्र (ज़मीन पर) रखो! 5 (of balloon etc) धरती पर उतर आना, 6 (जहाज़ को) तट पर लगाना, (जहाज़ का) तट पर लगना, 7 (विमान में किसी नुक्स या ख़राब मौसम के कारण) उसकी उड़ान रोक देना [The aircraft has been ~ed because of bad weather]

groundage ग्राउन्डज *n* बन्दरगाह में (जहाज ठहराने का) शुल्क

grounded ग्राउन्डिड *a* 1 **well-~** belief तर्क पर आधारित या तर्क-संगत विश्वास, **ill-~** belief अपर्याप्त आधार वाला विश्वास, 2 **well-~** in physics etc भौतिकी के मूल तत्त्वों को अच्छी तरह जानने वाला

grounding ग्राउन्डिंग *n* 1 (विषय के) मूल-तत्त्वों का ज्ञान [He has a good ~ in physics etc], 2 (of argument etc.] आधार, बुनियाद; (see ground^2, 2])

groundless ग्राउन्ड्लस *a* निराधार, बेबुनियाद; [The suspicions, the rumours, are ~]

groundling ग्राउन्ड्लिङ्ग *n* 1 धरती पर फैलने वाले या नाटे पौधे, लताएं, 2 निकृष्ट रुचि का दर्शक या प्रेक्षक या पाठक

groundsel^{1} ग्राउन्ड्सल *n* घास की जातियां (जिनमें से एक पालतू पक्षियों को खिलाई जाती है)

groundsel^{2} *n* (*arch*) दरवाज़े (या खिड़की) के चौखट की नीचे वाली लकड़ी, दहलीज

group^{1} ग्रुप *n* 1 (व्यक्तियों या चीज़ों का) इकट्ठ, समुदाय, (लोगों का) समूह, टोली, गिरोह, जत्था, झुंड, (चीज़ों का) ढेर, राशि, (फूलों, फलों का) गुच्छा, 2 एक तरह के लोग, वर्ग, दल, मंडली, श्रेणी, जमात, गुट्ट, गुट [N.B. In politics, group is a smaller unit than the party], 3 **literary** ~ साहित्य-गोष्ठी, साहित्य-मंडली, **G~ Captain** वायुसेना का अफ़सर; ~**ism** *n* दलबन्दी, गुटबन्दी

group^{2} *vt & i* 1 इकट्ठा या एकत्र करना, वर्गों में बाँटना, वर्गबद्ध करना, [to ~ **with sth**], वर्ग में रखना, 2 *vi* जमा होना, इकट्ठा होना [to ~ **round** s.o.]

grouse ग्राउस *n* तीतर (जाति का पक्षी)

grouse^{2} *n & vi* (*sl*) शिकायत [to have a ~ **against** s.o.]; *vi* शिकायत करना, असंतोष व्यक्त करना, बड़बड़ाना [to ~ **at, about, sth**]

grout^{1} ग्राउट *n & vt* (इमारत की दरार भरने का पतला मसाला, पतला गारा, पतली गच; *vt* पतले मसाले से दरार भरना, (ईंट, पत्थर आदि को) पतले मसाले से जोड़ना, गच करना

grout^{2} *vi & t* (of pigs) (धरती, कूड़े के ढेर आदि को) थूथन से खोदना, उलटना-पलटना

grove ग्रोव *n* उपवन, बाग़, बग़ीचा, कुंज, निकुंज, पेड़ों का झुंड, orange-~ संतरों का बग़ीचा

grovel ग्रॉवल *vi* (-ll-) 1 रेंगना, लोटना, to ~ in the dirt (*or* dust) मिट्टी या कीचड़ में लोटना; **to ~ before s.o.** किसी के आगे अपने आप को जलील करना, गिड़गिड़ाना

grow ग्रो *vi & t* 1 (of plant, seed, etc) उगना, उगाना, उपजना, उपजाना, पैदा करना या होना, (किसी प्रदेश में) पाया जाना, फूटना, निकलना, अंकुरित होना, 2 (आकार, मात्रा, बल, प्रभाव आदि में) बढ़ना, पनपना, लम्बा होना, बड़ा होना, to ~ **in** wisdom अधिक बुद्धिमान या समझदार हो जाना; The custom is ~ing यह रिवाज बढ़ रहा है या फैल रहा है; **to ~ on s.o.** को अधिकाधिक प्रभावित करना; को ज़्यादा अच्छा लगना, The habit ~s on me मेरी यह आदत पक्की होती जा रही है; This picture ~s on me ज्यों-ज्यों मैं इस तसवीर को देखता हूं, त्यों-त्यों यह मुझे ज्यादा अच्छी लगती है, 3 होना, हो जाना [to ~ old, to ~ panicky], 4 to grow **up** बड़ा होना, वयस्क होना [**the grown-up** वयस्क लोग], 5 to grow a beard दाढ़ी बढ़ने देना, दाढ़ी रखना

grower ग्रोअर *n* 1 अमुक ढंग से उगने या बढ़ने वाला पौधा, fast-~ जल्दी बढ़ने वाला पौधा, 2 अमुक फसल उगाने वाला किसान, उत्पादक, fruit-~ फल-उत्पादक

growing ग्रोइङ्ग *a* 1 बड़ा होने वाला, बढ़ने वाला, बढ़ता हुआ, [~ child], 2 **growing crops** खड़ी फसलें, बढ़ती फसलें, 3 growing economy विकासशील अर्थव्यवस्था

growl ग्राउल *vi & t & n* 1 (of animal) गुर्राना, 2 (of person) घरघराना, गुस्से से बोलना, बड़बड़ाना, भुनभुनाना, शिकायत करना; *n* 1 गुर्राहट, 2 बड़बड़ाहट, शिकायत, **growler** *n* 1 (of person) बड़बड़ाने वाला, सदा शिकायत करने वाला, 2 *hist* चौपहिया गाड़ी बग्घी, 3 मछलियों की कुछ जातियां

growth ग्रोथ *n* 1 उगना, उपज, पैदावार, **of foreign** ~ विदेश में उगने या पैदा होने वाला, 2 बढ़ना, वृद्धि, विकास, to attain **full growth** पूरा विकास पाना या होना, 3 उगते हुए या उगे हुए पेड़-पौधे, झाड़ी, झाड़-झंखाड़, 4 *path* फोड़ा, रसौली, अर्बुद

groyne ग्रॉइन *n* समुद्र के रेतीले तट को कटाव से बचाने के लिए पानी में दूर तक बनाई गई छोटी किन्तु मोटी दीवार या लकड़ी का पुश्ता, बांध, सेतुबंध, पुलिन-रोध

grub^{1} ग्रब *n* 1 सूंडी, घुन, कीड़ा, 2 *arch* अरुचिकर काम में जुता रहने वाला नौकर; दूसरे के नाम से साहित्यिक रचना करने वाला, साहित्यिक टट्टू

grub^{2} *vi & t* 1 ऊपर-ऊपर से खोदना, थोड़ी गहराई तक खोदना 2 जड़ें, पौधे, ठूंठ आदि उखाड़ना [to ~ up roots, plants, stumps, etc], 3 जड़ें, पौधे, ठूंठ आदि उखाड़ कर ज़मीन साफ़ करना [to ~ **up** the ground], 4 to ~ **up, out,** sth कोई चीज़ खोद कर निकालना, ढूंढना, *fig* पुस्तकें उलट-पलट कर ढूंढ निकालना, पता लगाना, 5 *vi* कड़ी मेहनत करना, घोर परिश्रम करना, ज़ोर लगा कर या कठिनाई से धीरे-धीरे आगे बढ़ना [to ~ **on, along, away**]

grubby ग्रबि *a* 1 घुन वाला, कीड़ों से भरा, 2 गन्दा, मैला मैला-कुचैला, 3 बेढंगा, फूहड़, अनाड़ी

grub-street *n & a* 1 लन्दन का एक महल्ला (now Milton street) जहां सत्रहवीं शताब्दी में साहित्यिक रहते थे, 2 ग़रीब साहित्यिक, साहित्यिक टट्टू, *a* **ग़रीब साहित्यकों का**

grudge^{1} ग्रज *vt* 1 अनिच्छा या बेदिली से देना या करना या करने देना, देते या करते हुए हिचकिचाना, आनाकानी करना [**to ~ s.o. sth, to ~ doing** sth; to ~ **to do sth**], 2 देख कर जलना, ईर्ष्या करना [I don't grudge you your pleasures.]

grudge^{2} *n* जलन, डाह, इर्ष्या, द्वेष, वैर, नाराज़गी शिकायत, to **have, harbour, a ~ against s.o., to bear, owe, s.o. a ~** किसी से शिकायत या नाराज़गी होना, किसी से ईर्ष्या होना

grudging ग्रजिङ्ग *a* 1 बेदिली से दिया या किया हुआ, 2 देने या करने को अनिच्छुक, बहुत कम देने वाला [He is ~ of praise]; **~ly** *adv* अनिच्छापूर्वक, बेदिली से

gruel ग्रूल *n* & *vt* 1 (बीमारों के लिए दूध या पानी में पकाया हुआ) जई का दलिया, 2 *fig* दण्ड, मार, हार, पराजय: to have *or* get one's ~ (*arch*) दण्ड पाना, पिटना; *vt* थका देना, दंड देना **~ling** *a* 1 थका देने वाला [~ling work], 2 **~ling match** ऐसा मैच जिसमें दोनों पक्ष डट कर मुकाबला करें

gruesome ग्रूसम *a* 1 भयानक, भीषण, दारुण, रोंगटे खड़े करने वाला [~ murder], 2 बीभत्स

gruff ग्रफ़ *a* (of voice, person) कर्कश, रूखा, असभ्य, उजड्ड, उग्र; ~ly *adv* 1 रुखाई से, अशिष्टता से, 2 कर्कश ध्वनि में

grumble ग्रम्बल *vi* & *t* & *n* 1 दबी या अस्पष्ट आवाज़ में बोलना, घरघराना, बड़बड़ाना, भुनभुनाना, 2 बड़बड़ाना, भुनभुनाना, असन्तोष व्यक्त करना, शिकायत करना [to ~ about the food; to ~ **at** s.o.; to ~ **over** the treatment]; 3 *vt* to ~ (**out**) शिकायत के लहजे में कहना; *n* घरघराहट, बड़बड़ाहट, शिकायत, [to obey without a ~]; He is full of ~s वह हर समय शिकायत करता रहता है; **~r** *n* बड़बड़ाने वाला, सदा शिकायत करने वाला, असन्तोष व्यक्त करने वाला

grummet ग्रमिट *n* (*naut*) 1 बाँधने या जकड़ने के लिए (प्रायः बटी हुई) रस्सी का फंदा, 2 नाव के दोनों किनारों पर लगा कुंडा या छल्ला या कड़ा जिसमें डाँड अटका कर नाव खेते हैं, **चप्पू-कुण्डा**

grumpy ग्रम्पि *a* रूखा, चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज

Grundyism ग्रन्डिइ-ज *n* लोकमर्यादा का पालन करना, इस बात से डरना कि लोग क्या कहेंगे [f. 'What will Mrs. Grundy (a neighbour) say? in Morton's Speed the Plough, 1798]

grunt ग्रन्ट *vi* & *t* & *n* 1 (of pig) घुरघुराना, 2 (of person) घुरघुराहट द्वारा असन्तोष या असहमति व्यक्त करना, बड़बड़ाना, भुनभुनाना, शिकायत करना, *n* 1 (of pig) घुरघुराहट, घुर-घुर शब्द, 2 बड़बड़ाहट, असन्तोष, शिकायत; **~er** *n* 1 शिकायत करने वाला, बड़बड़ाने वाला, 2 सूअर

G-suit जी-सूट = anti-G suit *q.v.*

guaiacum ग्वाइअ-कम *n* 1 वेस्ट इंडीज़ (क्यूबा, जमेका आदि) द्वीपसमूह में पाये जाने वाले वृक्षों की एक जाति, 2 इन वृक्षों की लकड़ी (जो औषध बनाने के काम आती है), 3 इन वृक्षों की राल, 4 राल से बनने वाली औषध

guana ग्वानः *n* 1 बड़ी छिपकली, 2 गिरगिट

guarantee^1 गैरन्टी *n* 1 कोई शर्त पूरी करने का लिखित या ज़बानी वायदा, ज़िम्मेदारी, ज़मानत, गारंटी, 2 शर्त पूरी करने का विश्वास दिलाने के लिए रखी गई चीज़ (जो शर्त पूरी न होने पर ज़ब्त की जा सकती है) प्रतिभूति, प्रत्याभूति, ज़मानत, बंधक, 3 ज़मानत देने वाला, ज़ामिन, to go ~ for s.o. किसी के लिए ज़ामिन होना, 4 (as correl. of guarantor) व्यक्ति जिसे ज़मानत दी जाये, ज़मानती

guarantee^2 *vt* 1 (किसी चीज़ के खरा होने या निश्चित काल तक ठीक काम करने की) ज़मानत देना, गारंटी देना, ज़ामिन होना, 2 उत्तरदायी होना, वचन देना, ज़िम्मा लेना [I ~ that the debts will be paid; I ~ to pay his debts], 3 विश्वास दिलाना; [I ~ your success; You'll pass, I ~]; **guarantor** *n* जमानत देने वाला, ज़ामिन

guaranty गैरन्टि = guarantee *n* (1&2)

guard^1 गार्ड *n* 1 पहरा, चौकी, रखवाली, **to keep** *or* **stand** ~ पहरा देना, रखवाली करना, **to mount** ~ पहरे पर आना, पहरा देना, **to relieve** ~ दूसरे की जगह पहरे पर आना, पहरा बदलना, 2 चौकसी, सावधानी, **to be on one's** ~ सावधान या चौकस या ख़बरदार होना या रहना, आत्मरक्षा के लिए तैयार रहना; **to be off one's** ~ असावधान होना, बेख़बर होना, आत्मरक्षा के लिए तैयार न होना, 3 रक्षक, रक्षी, प्रहरी, पहरेदार, चौकीदार, संतरी, रक्षक-दल, रक्षक-गण, 4 *mil* गारद, **guard of honour** सलामी गारद; to form, present, a guard of honour सलामी देने के लिए पंक्तिबद्ध होना, सलामी देना, **advance** ~ हरावल दस्ता, अग्रिम सैनिक टुकड़ी, 5 हानि या टक्कर से बचाने का पुर्ज़ा, रक्षायंत्र, बाड़, जंगला [mudguard *q.v.*] **tree-guard** पेड़ को पशुओं से बचाने का जंगला, 6 (ट्रेन का) गार्ड

guard^2 *vt* & *i* 1 रखवाली करना, पहरा देना, 2 to ~ so **from, against,** a danger किसी को ख़तरे से बचाना, 3 (विचारों, ज़बान आदि को) काबू में रखना, संयम करना, संयम से काम लेना [to ~ one's thoughts, tongue, etc], 4 *vi* to ~ **against** sth किसी बात या चीज़ से बचना, किसी विषय में सावधानी या सतर्कता बरतना; **guarded** *a* 1 (of speech, statement) सावधानी से किया हुआ, सतर्कतापूर्ण, 2 सुरक्षित

guardian गार्डिअन *n* 1 रक्षक, रखवाला, देखभाल करने वाला, 2 *law* अल्पवयस्क बालक-बालिका की तथा उसकी संपत्ति की देखभाल करने वाला, संरक्षक, अभिभावक, वली, सरपरस्त, 3 (*attrib.*) **guardian angel** संरक्षक देवता या फ़रिश्ता; **~-ship** *n* 1 रक्षा, रखवाली, निगरानी, 2 (*law*) अभिभावकत्व, संरक्षकता, संरक्षण

guava ग्वावः *n* अमरूद (फल तथा पेड़)

gubernatorial ग्यूबर्-नटॉरियल *n* गवरनर का, राज्यपाल का

gudgeon^1 गजन *n* 1 नदी-तालाब में पाई जाने वाली छोटी मछली (जिसे दूसरी मछलियों को फंसाने

के लिए इस्तेमाल करते हैं), 2 भोला-भाला व्यक्ति, झट विश्वास कर लेने वाला

gudgeon^2 गजन *n* 1 धुरा, अक्ष, 2 धुरे के सिरे पर की वह छोटी कीली जिसपर पहिया घूमता है, कीलक, कीली, 3 पत्थर के दो टुकड़ों को परस्पर जोड़ने वाली कील या पच्चर, चूल

Guebre गेबर *n* अग्नि की पूजा करने वाला, पारसी, ज़रतुश्त का अनुयायी

Guelph, Guelf ग्वेॅल्फ़ *n* (*hist*) मध्ययुगीन इटली में, जब कि वह जर्मन साम्राज्य के अन्तर्गत था, ग्वैल्फ और गिबेलाइन नामक दो प्रमुख राजनीतिक दल थे। ग्वैल्फ जर्मन सम्राट् के विरोधी थे जब कि गिबेलाइन सम्राट् के समर्थक थे। दोनों दलों के बीच प्रायः नगर-नगर में युद्ध चलता रहता था और परास्त दल को नगर से निकाल दिया जाता था (see Ghibeline)

guerdon गर्डन *n* (*poet*) मुआवज़ा, बदला, क्षतिपूर्ति, इनाम, पारितोषिक

guer(r)illa गरिलः *n* 1 घात लगा कर आक्रमण करने वाली सैनिक टुकड़ी का सदस्य, छापामार, 2 (now usu. **guerrilla war, warfare**) छोटी-छोटी टुकड़ियों का अनियमित युद्ध, छापामार युद्ध

guess^1 गेॅस *vt & i* 1 बिना नापे या हिसाब किये आंकना, अनुमान करना या लगाना, अन्दाजा करना या लगाना, अटकल लगाना [**I guess,that it is, it to be,** 10 feet]; (also *vi* wlth **at**): to ~ (**at**) the length etc लंबाई आदि का अनुमान लगाना, 2 ताड़ लेना, भांप लेना, समझना, पता लगाना; 3 (पहेली या प्रश्न का उत्तर) बूझ लेना [to ~ a riddle]; You have guessed it! आपने बूझ लिया, 4 **to keep s.o. guessing** किसी को (असलियत का) पता न लगने देना, आश्चर्य में डाल देना, 5 (chiefly U.S.) अच्छी तरह जानना, मानना, विश्वास करना [I ~ he is in town]

guess^2 *n* 1 (मोटा) अनुमान, अन्दाज़ा, अटकल [to make a ~], 2 विचार, कल्पना, ख़्याल; **It's anybody's** ~ इस के बारे में (अभी) कुछ नहीं कहा जा सकता; कोई भी निश्चय के साथ कुछ नहीं कह सकता; भविष्यवाणी नहीं की जा सकती, 3 **guess-work** (i) अनुमान, अन्दाज़ा; I t's pure ~-work यह अनुमान-मात्र है; (ii) अटकलपच्चू तरीका, अटकलपच्चू काम

guest गेॅस्ट *n* 1 अतिथि, मेहमान, आमंत्रित या निमन्त्रित व्यक्ति, **guest of honour** मुख्य अतिथि, सम्मानित अतिथि, 2 होटल में ठहरा हुआ व्यक्ति, 3 किसी के यहाँ ख़र्च देकर भोजन करने वाला व्यक्ति, [**paying guest**], 4 **guest-house** अतिथि-भवन, अतिथिगृह

guffaw गफ़ॉ *n & vi & t* जोर की हँसी, ठहाका, कहकहा, अट्टहास; *vi & t* ठहाका मारना, अट्टहास करना, *vt* अट्टहास करते हुए कहना

guidance गाइडन्स *n* पथप्रदर्शन, मार्गदर्शन, नेतृत्व, रहनुमाई, निर्देश, निर्देशन

guide^1 गाइड *n* 1 पथप्रदर्शक, मार्गदर्शक, रास्ता दिखाने वाला, रहनुमा, नेता, 2 पथप्रदर्शक सिद्धान्त, निर्देशक सिद्धांत, The scriptures are our guide शास्त्र हमारे पथप्रदर्शक हैं [The Gita is our guide (पथ-प्रदर्शिका)]; to take something as a guide किसी बात को (अपने आचरण का) नियम या सिद्धान्त बनाना; If past experience is any guide ..यदि अतीत के अनुभव से (आगे के लिए) कोई निर्देश मिलता है..., 3 यात्रियों को दर्शनीय स्थान दिखाने वाला, परिदर्शक, गाइड, 4 नगर, अजायबघर आदि के बारे में जानकारी देने वाली पुस्तिका, संदर्शिका, प्रदर्शिका, परिदर्शिका (also **guide-book**); 5 (*naut*) बेड़े का मार्गदर्शक जहाज़, 6 **guide-lines** निर्देशक सिद्धान्त

guide^2 *vt* 1 मार्गदर्शन या पथप्रदर्शन करना, रास्ता दिखाना या बताना [to ~ s.o. to the railway station etc.], 2 (कार्य का) उद्देश्य या सिद्धान्त होना, (निर्णय का) आधार होना, प्रभावित करना [He is guided by self-interest]; 3 (संस्था, राज्य आदि का) संचालन करना, चलाना; ~**d missile** धरती पर (स्थित यन्त्रों) से संचालित प्रक्षेपास्त्र; ~**d tour** गाइड-सहित यात्रा

guidon गिडन *n* (घुड़सवार सैनिकों की) त्रिकोण पताका, छोटा तिकोना झंडा

g(u)ild गिल्ड *n* समान व्यवसाय या उद्योग में लगे व्यक्तियों की परस्पर-सहायता या समान उद्देश्य की प्राप्ति के लिए संस्था या परिषद् या संघ, व्यवसायी-संघ, व्यवसायी-परिषद्, **guild socialism** वह पद्धति जिसमें प्रत्येक व्यवसायी-परिषद् अपनी-अपनी श्रेणी के व्यवसाय के समस्त आर्थिक साधनों, उनके उपयोग तथा मुनाफ़े आदि पर नियन्त्रण रखती है, श्रेणी-समाजवाद **guild-hall** लन्दन का निगम-भवन या टाउन हाल

guile गाइल *n* 1 धोखा, छल, कपट, फ़रेब, मक्कारी, 2 चलाकी, चाल, तरकीब; ~**ful** *a* 1 छल करने वाला, छली, कपटी, धोखेबाज़, 2 कपटपूर्ण, धोखे का, चलाकी का; ~**less** *a* निश्छल, निष्कपट छलरहित, भोला-भाला

guillemot गिलिमॉट *n* एक समुद्री पक्षी

guilloche गिलोश *n* (*archit*) गुथे हुए रिबन जैसी या वेणी-सदृश रचना

guillotine गिल-टीन *n & vt* 1 सिर काटने की मशीन जिसमें छुरा लगा रहता है, 2 (गले का) कौवा काटने का डाक्टरी औजार, 3 काग़ज़ काटने की मशीन, कटाई मशीन; 4 *Parl* बिल के किसी खंड पर बहस बन्द कर के वोट लेने का आदेश, विवाद बन्द करने का आदेश [N.B. 'The guillotine means that the House decides how much time shall be devoted to certain stages of a measure; definite dates being laid down at which the closure shall be enforced and division taken'. Encyclopaedia *Brittanica*]; *vt* 1 सिर काटना, 2 बहस बन्द करने का आदेश देना

guilt गिल्ट *n* 1 अपराध, दोष, जुर्म, कसूर, 2 पाप

guiltless *a* 1 निरपराध, निर्दोष, बेकसूर [~ of the offence]; निष्पाप, 2 अनजान, अनभिज्ञ, He is ~ of Greek उसे ग्रीक नहीं आती, 3 रहित, He is ~ of beard उसके दाढ़ी नही हैं; 4 भोला, सीधा-सादा, सरल-स्वभाव, साफ़-दिल, सच्चा

guilty गिल्टि *a* 1 अपराधी, दोषी, मुजरिम, कसूरवार [~ of murder]; **to plead guilty** अपराध स्वीकार करना, 2 अपराध का, पाप का, पापमय, सदोष, अपराधपूर्ण, 3 **guilty conscience** अपने अपराध या पाप को जानने वाला मन या अन्त:करण

guinea गिनि *n* 1 इंग्लैंड की स्वर्ण मुद्रा (जिसका अब चलन नहीं रहा परन्तु हिसाब-किताब में जिसका प्रयोग है); 2 **~-fowl** सलेटी रंग का तीतर जाति का पक्षी; 3 **guinea-pig** (i) चूहा-जाति का दक्षिण अमरीकी जन्तु जिसे प्राणिशास्त्रीय तजुर्बों के लिये पाला ज़ाता है, (ii) व्यक्ति या वस्तु जिसे डाक्टरी तजुर्बों या परीक्षणों के लिए इस्तेमाल किया जाये, प्रयोगार्थ व्यक्ति, बलि का बकरा

guise गाइज़ *n* 1 वेश, छद्मवेश, भेस, स्वांग, बाना, कृत्रिम रूप, 2 बहाना; **under** *or* **in the guise of** के बहाने, का बहाना करके

guitar गिटार *n* छ: तारों वाली वीणा या सितार, गिटार; **~ist** *n* गिटार बजाने वाला, वीणावादक, सितार-नवाज़

have^1 हैव *vt & aux* **1** (*N.B.*) To be translated by putting the subject in possessive case) का होना, के पास होना, रखना, Rama has no brother राम का कोई भाई नहीं है; Have you a pen? क्या आपके पास कलम है? I have a guest मेरे यहां मेहमान आया या ठहरा हुआ है; **2** (*N.B.* To be translated by putting the subject in objective case कर्मकारक), I have no doubt मुझे कोई सन्देह नहीं है; कोई बीमारी होना, He has a headache उसे सिर-दर्द है; I have a cold मुझे जुकाम है, **3** प्राप्त करना, पाना, मिलना, We had the news that...हमें समाचार मिला कि...; This **medicine** can be had at the chemist's यह दवा औषध-विक्रेता के यहां मिल सकती है, **4** खाना, पीना आदि [He is having his breakfast. Will you have coffee?], **5** कहना, का मत या कथन या विचार होना [The Gita has it that the soul is immortal]; **6** जानना; He has no Sanskrit वह संस्कृत नहीं जानता; उसे संस्कृत नहीं आती; **7** (To be translated by putting the subject in the objective case) करना पड़ना, करना होना, बाध्य होना I have to do much work मुझे बहुत काम करना है; I had to go there मुझे वहां जाना था, मुझे वहां जाना पड़ा; **8** (*causative*) करवाना आदि, बाध्य करना; I shall have this done मैं यह करवा लूंगा; [I shall have him do this], **9** (*with prepp.*) to

~ **on** पहनना, [He had no shoes on], **to ~ it out with s.o.** किसी से बातचीत या तर्क-वितर्क करके झगड़ा या मामला निपटाना, 10 (*in past subjunctive*) I had (much) rather go मैं जाना चाहूंगा; I had better go मेरा जाना बेहतर होगा, 11 (*auxiliary vb* in present, past and future perfect tenses; *e.g.* He has, had, will have, gone·

have^{2} *n* मालदार, धनी, संपत्तिशाली, संपन्न; **haves and have-nots** धनी और निर्धन, अमीर और, गरीब

haven हेवन *n* 1 बन्दरगाह, 2 *fig* रक्षास्थान, बचाव की जगह, पनाह, शरण; *often:* **haven of rest** विश्राम-स्थल

haversack हैवर्सैक *n* (सिपाही का) रसद रखने का थैला, झोला

havoc हैवक *n* & *vt* (havocking; havocked) तबाही, बरबादी, विनाश, विध्वंस; **to make ~ of; to play ~ with, among** बरबाद करना, नष्ट करना [The floods have made ~ of, played ~ among, the crops]; *vt* नष्ट या तबाह करना, (usu *abs.*) तबाही मचाना

haw-haw हॉं-हॉं *int* & *n* हा! हा!; *n* ठहाका (मारना), अट्टहास (करना)

hawk हॉक *n* & *vi* & *t* 1 बाज लड़ाने में काम आने वाला बाज-जैसा पक्षी, शिकरा; **to know a hawk from a handsaw** साधारण विवेक रखना या होना, 2 लुटेरा; *polit* लड़ाई-झगड़े या युद्ध की सलाह देने वाला, युयुत्सु, 3 **~-eyed** तेज़ नजर वाला, तीक्ष्णदृष्टि; *vi* बाज़ की मदद से शिकार करना, *vi* & *t* **to ~ (at)** बाज़ की तरह झपट्टा मारना

hawk^{2} *vt* घूम-घूम कर (सोदा) बेचना, फेरी लगाना

hawk^{3} *vi* & *t* खखराना, खखार कर गला साफ़ करना, *vt* to ~ **up** phlegm बलगम निकालना

hawker हॉकर *n* फेरी वाला

hawser हॉसर *n* (*naut*) लंबा रस्सा (जो आजकल प्रायः इस्पात का होता है), तीनपान

hawthorn हॉथॉर्न *n* कांटेदार झाड़ी (जिसके फूल सफ़ेद या लाल या गुलाबी होते हैं और जिसपर गहरे लाल रंग के छोटे-छोटे रसभरी-जैसे फल लगते हैं), बन-संजली

hay हे *n* 1 चारे के लिए काट कर सुखाई हुई घास, सूखी घास, 2 **to look for a needle in a haystack** (see needle *n*), 3 to make hay धूप में उलट-पलट कर घास सुखाना, 4 **to make hay (while the sun shines)** अवसर से लाभ उठाना, बहती गंगा में हाथ धोना, 5 **to make hay of sth** गड़बड़ करना, गड्डमड्ड करना; अव्यवस्थित करना, उलट देना, to make ~ of an argument दलीलें काटना, तर्क का खंडन करना, 6 *comb:* **hay fever** गर्मियों मे धूल या पुष्पपराग के कारण होने वाला ज्वर (जिस में जुकाम भी होता है), परागज-ज्वर; **~rick, ~stack** सूखी घास का ढेर या टाल, गंजी

hazard हैज़र्ड *n* & *vt* 1 संयोग, दैवयोग, 2 जूआ, पासे का खेल, 3 ख़तरा, संकट, आपद, जोखिम; **at all ~s** चाहे कुछ भी हो, चाहे कैसे ही संकट का सामना करना पड़े, 4 (*billiards*) **to play a winning hazard** विपक्षी की गेन्द को थैली में डालना, **to play a losing ~** अपनी ही गेन्द को थैली में डालना, *vt* 1 संकट या जोखिम में डालना [to ~ one's life, property, etc], जोखिम उठाना, 2 हिम्मत करना, साहस करना, **to ~ an opinion, a statement, a guess** (ऐसा) मत व्यक्त करने या (ऐसी) बात कहने का साहस करना (जिसके ग़लत होने की संभावना हो)

hazardous हैज़र्डस *a* 1 संकटमय, जोखिम का, ख़तरनाक, 2 भाग्याधीन

haze हेज़ *n* 1 धुंध, कुहासा, कोहरा, गुबार, 2 *fig* संशय, अनिश्चय, भ्रम

hazel *n* 1 झाड़ी-विशेष; **~-nut** इसका फल, पहाड़ी बादाम, 2 पिंगल वर्ण (वि० आंखों का)

haziness *n* 1 धुंधलापन, अस्पष्टता, 2 कुहरीलापन

hazy हेज़ि *a* 1 (of weather) धुंधला, जिस में कोहरा छाया हुआ हो, कोहरे वाला, कोहरीला, 2 (of idea etc) अस्पष्ट, धुंधला, अनिश्चित, संदिग्ध, 3 *arch* तनिक मद्योन्मत्त, तनिक मदहोश

he ही *pron* 1 वह, उसने, 2 (*attrib* esp of animals) नर (opp मादा), **he-goat** बकरा, 3 **he-man** ज़बरदस्त आदमी, रोब या धौंस जमाने वाला आदमी, धौंसिया

head^{1} हेॅड *n* 1 सिर, शीर्ष, **from head to foot** सिर से पांव तक, **to fall head over heels** कलाबाज़ी खाना, औंधा गिरना, सिर के बल गिरना, **to lose one's ~** सिर कलम किया जाना, प्राणदण्ड पाना (also see 2, vi below), 2 बुद्धि, मन, अक्ल, दिमाग, सिर, (i) **to get, take, sth into one's head** (कोई बात) दिल में बैठाना [He has got, taken, it into his head that he must resign], (ii) **to put sth into s.o's ~** किसी को कोई बात सुझाना या समझाना, किसी के मन में कोई बात बिठाना, (iii) **to put sth out of one's ~** कोई बात मन से निकाल देना, (iv) **to lay, put, (our etc) heads together** मिल कर सोचना, सलाह करना, परामर्श करना; *Prov:* **Two heads are better than one** दो आदमी मिल के जो सोच सकते हैं वह अकेला नहीं सोच सकता; (v) (*of discourse etc*) **to be over the ~s of the audience** श्रोताओं की समझ के परे होना [He talks over our ~s]; (vi) **to lose one's ~** घबरा जाना, सुध बुध खो देना, (vii) **to be, go, off one's ~** दिमाग़ ठीक न रहना, अक्ल ठिकाने न रहना, पागल हो जाना, (viii) to turn one's ~ सिर फेर देना, अभिमान पैदा कर देना, दिमाग आसमान पर चढ़ा देना, (ix) to carry old ~ on young shoulders युवावस्था में समझदार या अनुभवी होना, to keep one's ~ शान्त रहना, दिमाग़ ठंडा रखना; to talk s.o.'s ~ off किसी का दिमाग़ चाटना, सिर खाना, 3 (i) (of tool, nail, plant, page, mast, stairs, etc.) सिरा, ऊपर वाला सिरा, ऊपरी भाग, चोटी, शिखर, (ii) (of bed) सिर की ओर का भाग, सिरहाना, (iii) (of lake) झील का वह सिरा जहाँ नदी उसमें गिरती है, (iv) (of river) नदी का **उद्गम,**(v) (of procession, army, etc) अग्रभाग, हरावल; 4 अध्यक्ष, प्रधान अधिष्ठाता, नेता, मुखिया, मुख्य, head of a department विभाग का अध्यक्ष; **head of govt** शासनाध्यक्ष **head of State** राष्ट्राध्यक्ष; **headmaster** मुख्याध्यापक, headmistress मुख्याध्यापिका; 5 व्यक्ति, इकाई; five rupees per head प्रति व्यक्ति पाँच रुपये; **twenty** etc **head of** cattle, deer, etc. बीस मवेशी, हिरन आदि; every ~ of cattle प्रत्येक मवेशी, 6 head (of a coin) (सिक्के पर बना हुआ) चेहरा; **Heads I win, tails you lose** चित भी मेरी, पट्ट भी मेरी; **I cannot make head or tail of this** मुझे इसका ओर-छोर (या सिर-पैर) पता नहीं लगता, यह बात मेरी समझ में बिल्कुल नहीं आती, 7 शीर्षक, शीर्ष, मद, विभाग, अध्याय, वर्ग; Arrange them under separate heads इन्हें अलग अलग मदों में रखो, 8 पराकाष्ठा, चरमावस्था, हद, सीमा, **to come, gather, to a head**(फुंसी-फोड़े का) पकना, (मामले का) हद को पहुंच जाना, चरमावस्था में पहुंचना, गंभीर रूप धारण करना, **to bring a matter to a head** मामले को चरमावस्था (या गंभीर या नाजुक स्थिति) में पहुंचाना, 9 *misc*: (i) to promote **s.o.** over another's head जिसकी बारी हो उसे छोड़ कर किसी दूसरे की पदोन्नति करना, (ii) **to make head against** सफलतापूर्वक प्रतिरोध करना, रोकना, न होने देना, 10 *comb*: **headache** सिरदर्द, **headdress** सिर पर पहनने का वस्त्र (वि० दुपट्टा), **~gear** टोप, टोपी, पगड़ी आदि; **~-lamp, ~-light** सामने की बत्ती, बड़ी बत्ती, **headland** चट्टान का समुद्र में गया हुआ सिरा, **~line** शीर्षक, मुख्य समाचार, **headman** (see further); **head-on** *a* सामने का; **head-on collision** सामने की टक्कर, **headquarters** (as *pl or sing*) (i) मुख्यालय, **district ~quarters** ज़िले का मुख्य नगर; (ii) सैनिक कार्यवाहियों का केन्द्र, (iii) सेनाध्यक्ष का निवास; **~way** प्रगति [to make some, much, no, ~way] (also see further]; **~ wind** सामने की हवा, **~word** कोश की किसी प्रविष्टि का मुख्य शब्द (जो शुरू में मोटे टाइप में होता है), **~-work** दिमागी काम; **~works** मुख्य निर्माण केन्द्र

head² *vt* & *i* 1 नेता या अध्यक्ष या अधिष्ठाता या मुखिया होना [to ~ a delegation], 2 शीर्षक होना या बनाना, (ऊपरी) सिरा होना, 3 सब से पहले या आगे या ऊपर होना, (सर्व-)प्रथम होना, शीर्षस्थानी होना [to ~ the list], 4 **to ~ (down)** a tree, plant, etc पेड़, पौधे आदि का सिरा काट देना, 5 *vi* (of ship etc) **to ~ for a place** स्थान की ओर अग्रसर होना, to ~ **for** ruin विनाश की ओर अग्रसर होना

header हे॑डर *n* 1 (*colloq*) सिर के बल डुबकी, सिर के बल गिरना, **to take a ~**(into the pool) सिर के बल डुबकी लगाना या (धरती पर) गिरना, 2 *footb* सिर से लगाई गई ठोकर, सिर की ठोकर

heading हॆडिङ्ग *n* 1 शीर्षक, सुर्खी, 2 *footb.* सिर से ठोकर मारना, सिर की ठोकर

headlong हे॑ड्लॉ॑ङ्ग *adv* & *a* 1 सिर आगे करके, सिर के बल [to fall ~], 2 तेज़ी से, अंधाधुंध, बे सोचे-समझे [to rush ~ into the fray], *a* (i) सिर के बल [a ~ fall], (ii) उतावला, जल्दबाज़, उग्र

headman *n* नेता, सरदार, मुखिया, चौधरी

headsman *n* जल्लाद, वधिक

headstrong *a* ज़िद्दी, अड़ियल, हठी, हठीला, अपनी मर्ज़ी करने वाला

headway *n* 1 (of ship) गति, रफ़्तार, अग्रगति 2 प्रगति, उन्नति, तरक्की, **to make headway**(i) (जहाज़ का) आगे बढ़ना, (ii) the enquiry is making no ~ पूछ-ताछ के काम में कोई प्रगति नहीं हो रही, 3 *archit* मेहराब आदि की ऊंचाई; 4(एक ही दिशा में जाने वाली गाड़ियों के बीच) समय का अन्तर

heady हे॑डि *a* 1 (of person, action) जबरदस्त, ज़ोरदार, उग्र , उग्रस्वभाव, प्रचंड, उद्धत, 2 (of liquor, perfume; *fig* (of triumph) नशा लाने वाला, नशीला, मादक

heal हील *vt* & *i* 1 स्वस्थ करना, नीरोग करना, चिकित्सा करना, चंगा करना, अच्छा करना, ठीक करना [Physician, heal thyself], 2 *vi* (of wound) **to ~ (up)** (घाव का) भरना, अच्छा होना, 3 **heal-all** सब रोगों की दवा, सर्वरोगहर, सब रोगों को ठीक करने वाली जड़ी-बूटी

healer हीलर *n* चिकित्सक; इलाज, औषध, Time is a great ~ समय दु:खों की महौषध है

health हे॑ल्थ *n* 1 (शरीर या मन का) स्वास्थ्य, सेहत, तन्दुरुस्ती, to be in good ~ स्वस्थ या भला-चंगा या ठीक-ठाक होना, to be in bad ~ बीमार या अस्वस्थ होना, **2 to drink (to)** s.o.'s **health** किसी की सेहत का जाम पीना, स्वास्थ्य चषक पीना (See drink *vb*); 3 *comb:* ~ centre डाक्टरी सुविधाओं का केन्द्र, स्वास्थ्यकेन्द्र; ~ resort

स्वास्थ्यप्रद स्थान; ∼ **service** समूची डाक्टरी सुविधाएं, स्वास्थ्य सेवा; ∼ **visitor** रोगियों को उनके घर जाकर देखने वाला, स्वास्थ्य-अवेक्षक

healthful *a* 1 (of air, exercise) स्वास्थ्यप्रद, स्वास्थ्यवर्द्धक, 2 नैतिक या आध्यात्मिक उन्नति में सहायक

healthy हे॑ल्‌थि *a* 1 स्वस्थ, तन्दुरुस्त, 2 स्वास्थ्य-वर्द्धक, आरोग्यकर [∼ climate], पौष्टिक, 3 ∼ **criticism** रचनात्मक आलोचना, सद्भावपूर्ण आलोचना

heap^1 हीप *n* 1 ढेर, राशि, अंबार, ठठ, समूह, भरमार,2 *colloq* बड़ी संख्या या तादाद, a heap of people बहुत से लोग, ∼**s of time** बहुत समय, ∼**s of times** बहुत बार, 3 *colloq* **to be struck all of a** ∼ स्तब्ध या स्तंभित होना, चकरा जाना, हक्का-बक्का रह जाना

heap^2 *vt* 1 ढेर या अंबार लगाना, [to ∼ **up** *or* **together**], भरमार करना, 2 लादना [to ∼ a cart **with** goods]; बहुत भर देना, ढेर लगाना [to ∼ a plate **with** sweets etc]; to ∼ praises, insults, **on** s.o., to ∼ s.o. **with** praises etc, किसी की तारीफ़ के पुल बांधना, किसी पर अपमानों (या अपमान-भरे शब्दों की) बौछार करना

hear हिअर *vt* 1 सुनना, कान धरना, 2 **to** ∼ **s.o. out** किसी की पूरी बात सुनना, 3 to ∼ a case मुकद्दमे की सुनवाई करना, to ∼ a prayer प्रार्थना सुनना या स्वीकार करना, 4 *vi* **to** ∼ **from s.o.** किसी का पत्र आना या मिलना, 5 **to** ∼ **of, about,** s.o. *or* **sth** के बारे में पता लगना; (*fig*) **to** ∼ (**more**) **of** के लिये डांट पड़ना, 6 (*at meetings*) **Hear! Hear!** वाह वाह! बहुत खूब!; ∼**er** *n* सुनने वाला, श्रोता

hearing *n* 1 सुनना,श्रवण, 2 श्रवण- शक्ति, to be **hard of** ∼ कम सुनाई देना, ऊंचा सुनना, कुछ-कुछ बहरा होना, 3 श्रवण-सीमा, **to be within** ∼, **out of,** ∼ (i) (of person) इतना समीप कि सुन सके, श्रवण सीमा के भीतर; इतना दूर कि न सुन सके, श्रवण-सीमा के बाहर, (ii) (of voice) (ध्वनि) इतनी समीप कि सुनी जा सके; इतनी दूर कि न सुनी जा सके, 4 सुनवाई, पेशी; ∼ of witnesses गवाहों की पेशी; ∼ of the case मुकद्दमे की सुनवाई या पेशी

hearken हार्‌कन *vi* (*arch* or *liter*) सुनना

hearsay हिअर-से *n* 1 सुनी-सुनाई बात, अफ़वाह, किवदन्ती, जनश्रुति, 2 (*attrib*) ∼ **evidence** सुना-सुनाया बयान, जनश्रुति पर आधारित साक्ष्य

hearse हर्स *n* शव ले जाने की गाड़ी, शव-वाहन, शवयान

heart हार्ट *n* 1 दिल, हृदय, कलेजा, **to have the** ∼ **of stone** पत्थर का कलेजा होना,कठोर-हृदय होना, **to have one's** ∼ **in one's mouth** दिल दहल जाना, कलेजा कांपना, 2 (हर्ष, विषाद, स्नेह, अनुराग, ईर्ष्या, द्वेष आदि) भावनाएं, दिल, जी, मन, चित्त, अन्तस्तल, अन्तःकरण union of ∼s दिलों का मेल, दिलों का मिलना या एक होना, **after one's own** ∼ अपनी इच्छा के अनुसार या अनुकूल, अपनी पसन्द के मुताबिक, **at heart** वास्तव में, दिल का; At ∼, he is not a bad person वह दिल का बुरा नहीं है; **from the bottom, core, of my** ∼ सच्चे दिल से, हृदय के अन्तस्तल से, दिल की गहराई से; **in one's heart of hearts** दिल की गहराई में, हृदय के अन्तस्तल में, वास्तव में, **to break s.o's** ∼ किसी का दिल तोड़ना, निराश या हताश या शोकमग्न करना, **to cry one's** ∼ **out** रो-रो कर बेहाल होना; **to eat one's** ∼ **out** (दुःख या चिन्ता के कारण) घुलना, to have sth **at heart** किसी बात में बहुत रुचि या दिलचस्पी होना [He has your welfare at heart]; **not to have the heart, not to find it in one's heart, to do sth** कोई (खेदजनक) काम करने का साहस न होना या निश्चय न कर पाना; to learn by ∼ कण्ठस्थ करना, **to set one's heart on sth, on doing sth** कोई चीज़ पाने या करने पर तुला होना, अति उत्सुक होना, **to take sth to heart** किसी बात से दिल को चोट पहुंचना, कोई बात बहुत महसूस करना, **to wear one's** ∼ **on one's sleeve** दिल की बात पता लगने देना, न छिपाना, to win s.o.'s ∼ किसी का दिल जीतना या स्नेह प्राप्त करना; *adv phrr*: **to one's** ∼**'s content** जी भर कर, **heart and soul** मन लगा कर, अपनी सारी शक्ति से, जी-जान से, **with a heavy heart** निराश या हताश हो कर, उदास होकर; **with all one's** ∼ सच्चे दिल से, जी जान से, to talk with s.o. **heart to heart** किसी के साथ जी खोल कर बातें करना; **His** ∼ **is in the right place** उसका आशय अच्छा है, उस का इरादा नेक है; 3 साहस, हिम्मत, दिलेरी, हौसला; **to lose** ∼ हिम्मत हारना; **to take** ∼ **of grace** हिम्मत बांधना, out of heart पस्त-हिम्मत, भग्न-हृदय; 4 निचोड़, सत, सार, सारांश, तत्त्व, असलियत, **the** ∼ **of the matter** मामले का सार या सारांश, असल मामला; 5 (cards) पान का पत्ता, Queen of ∼s पान की बेगम; 6 *comb*: ∼ **attack** दिल का दौरा, ∼**-break** दिल का फटना, भारी दुःख, दारुण व्यथा **heart-breaking** *a* दिल तोड़ने वाला, हृदय विदारक, ∼**burn** *n* छाती की जलन, अम्लशूल; ∼**-burn(ing)** *n* ईर्ष्या, द्वेष, डाह, जलन, कुढ़न, ∼ **failure** हृदय की गति का बन्द होना; ∼**felt** दिली, हार्दिक, ∼**-rending** हृदय-विदारक; ∼-searching (i) *a* दिल टटोलने वाला,(ii) *n* अपने दिल को टटोलना; मन का अशांत होना, मानसिक अशांति, ∼**sick** निराश,हताश, भग्न-हृदय, जिसका दिल बुझ गया हो; ∼**-warming** हृदयस्पर्शी और उत्साहवर्द्धक

hearten हार्टन *vt* & *i* **to** ∼ **s.o.** (**up**)

उत्साहित करना, हिम्मत बढ़ाना, दिल बढ़ाना, *vi* to ~ **up** हिम्मत बाँधना, प्रोत्साहित होना; **~ing** *a* उत्साहवर्द्धक [~ing news]

hearth हार्थ *n* 1 चूल्हे के नीचे का फ़र्श, चूल्हा, अंगीठी, *fig* घर, परिवार, **hearth and home** घर और घर का सुख, घरबार, 2 भट्ठी, 3 **~-rug** चूल्हे के सामने बिछाने की दरी, 4 **~stone** चूल्हे की सिल

heartily *adv* 1 सद्भावपूर्वक, स्नेहपूर्वक, उत्साहपूर्वक, सच्चे दिल से, जी-जान से, 2 to eat ~ (i) जी भर के खाना (ii) बड़ी रुचि से खाना (जैसे कि खूब भूख लगने पर); बहुत, अत्यन्त

heartless *a* कठोर-हृदय, हृदयहीन, निष्ठुर, निर्दय, बेरहम; **~ly** *adv* निर्दयता से

hearty हार्टि *a* & *n* 1 हार्दिक, दिली, सच्चा, 2 भला-चंगा, स्वस्थ, प्रसन्नचित्त [**hale and ~**], 3 (of meal) बहुत अधिक, प्रचुर, 4 *n* (*naut*) बहादुर आदमी; My hearties! मेरे बहादुरो!

heat^1 हीट *n* 1 गर्मी, ताप, उष्णता, ऊष्मा, **red** (*or* **white**) **heat** उतनी गर्मी या ऊष्मा जिससे धातु लाल (या सफ़ेद) हो जाये [to raise iron to a red (*or* white) heat], 2 (त्वचा की) जलन, दाह, त्वचा का लाल हो जाना, **prickly heat** पित्ती, अम्हौरी, घमौरी, 3 (मिर्च मसाले के कारण) स्वाद की तिक्तता, तीक्ष्णता, तीखापन, चरपराहट, 4 *sport* प्रारंभिक या आज़माइशी मुकाबला, दौड़ आदि (also **trial heats**], 5 जोश, गरमागरमी, उत्तेजना, ताव, आवेश, heat of youth जवानी का जोश, heat of the debate बहस की गरमागरमी, **in the heat of the moment** उस समय ताव में आ कर, 6 पशुओं की कामोत्तेजना, मस्ती [**to be in ~**], 7 **heat-stroke** लू लगना, **heat-wave** लू, सख़्त गर्मी, गर्मी की लहर

heat^2 *vt* & *i* 1 गरम करना या होना, तपाना, तपना, 2 जोश दिलाना, जोश में आना, उत्तेजित करना या होना, गुस्सा दिलाना, गुस्से में आना, ताव में आना; **~ed** *a* आवेशपूर्ण, गरमागरम [~ed debate], **~edly** *adv* गरमागरमी से

heater *n* तापक, हीटर

heath हीथ *n* सपाट बंजर मैदान (वि० जिसमें झाड़ियां उगी हुई हों)

heathen हीदन *a* & *n* जो ईसाई या यहूदी या मुसलमान न हो, अवरधर्मी, काफ़िर, नास्तिक, (*collect n*) **the heathen** नास्तिक जातियां

heather हेॅदर *n* झाड़ियां, झाड़ियों की कई किस्में जो बंजर मैदानों में उगती हैं, **~-mixture** एक रंग-बिरंगा कपड़ा

heave^1 हीव *vt* & *i* (*past* & *pp* heaved *or* hove) I. *vt* 1 (कोई भारी चीज़ ज़ोर लगा कर) उठाना [to ~ (up) the anchor], **2 to ~ a sigh** आह भरना, to ~ a groan कराहना, 3 खींचना, घसीटना, ढोना [to ~ coal], II *vi* 1 उठना, ऊंचा होना, उभरना, लहरों की तरह बारी-बारी से उठना और गिरना, 2 श्वास-निःश्वास से छाती का फूलना-सिकुड़ना, हांपना, 3 to ~ **at a** rope ज़ोर लगा कर रस्सी खींचना, 4 (of land, ship) **to ~ in sight** दिखाई देना, दृष्टिगोचर होना

heave^2 *n* 1 उत्थान, उठान, 2 **heave of the sea** समुद्र की लहरों से जहाज़ को लगने वाला धक्का, लहरों की धकेल, 3 (in *pl*) **the heaves** (घोड़ों की) सांस फूलने की बीमारी, हँफनी

heaven हेॅवन *n* 1 आकाश, आसमान, गगन, नभ, **to move ~ and earth to do** sth आकाश पाताल एक करना, ऐड़ी चोटी एक करना, 2 स्वर्ग, सुरलोक, देवलोक, वैकुण्ठ, ईसाई मतानुसार आकाश के ऊपर वह स्थान जहां खुदा और फ़रिश्ते रहते हैं, बहिश्त, 3 **seventh ~, ~ of ~s** मुस्लिम और यहूदी मतानुसार स्वर्गों में से सब से ऊंचा स्वर्ग जहां खुदा रहता है, *fig* परम सुख, परमानन्द, **in the seventh ~** अत्यन्त सुखी, आनन्दित, 4 ईश्वर, परमेश्वर, खुदा, **Thank H~s!** ईश्वर की कृपा है; For H~'s sake ईश्वर के लिए, खुदा के वास्ते; Good H~s! हे (दयालु) प्रभो!; **~ly** *a* 1 दिव्य, स्वर्गीय, 2 आकाशीय, आसमानी, **~ly** body नक्षत्र, ग्रह, तारा, सितारा

heavily हेॅविलि *adv* 1 बहुत अधिक, to be ~ taxed बहुत अधिक कर लगना, to lose ~ बड़ी रकम खोना या हारना, बहुत नुक्सान उठाना, 2 कठिनता से [to breathe ~, to move ~]

heaviness *n* भारीपन, गुरुता, गुरुत्व, भार, वजन

Heaviside layer *n* = ionosphere

heavy हेॅवि *a* & *adv* 1 भारी, बोझिल, वज़नी, 2 प्रचुर, भरपूर, बहुत अधिक [a ~ crop], 3 बड़ा, बृहदाकार, ~ guns, artillery बड़ी तोपें, 4 (of food) जिसे पचाना कठिन हो, भारी, सकील, 5 (of sky) मेघाच्छन्न, तिमिराच्छन्न, 6 (of person) मन्दबुद्धि, मूढ़, 7 सख़्त, कठोर, तीव्र, ज़ोर का, ज़बरदस्त, ~ blow सख़्त चोट; तीव्र आघात, ~ fire तेज़ या ज़बरदस्त गोलाबारी, ~ shower भारी वर्षा, 8 कठिन, मेहनत का [~ work], 9 ~ sleeper गहरी नींद सोने वाला [cf light sleeper], 10 **heavy hydrogen** (also called deuterium) भारी हाइड्रोजन, गुरु-उदजन; **heavy water** गुरु-उदजन से बना जल, गुरु जल 11 **Time hangs heavy** समय मुश्किल से बीतता या कटता है, समय काटे नहीं कटता (also see hang II, 5), 12 *adv* (*in comb.*); **~-armed** बड़े शस्त्रों से सुसज्जित (cf light-armed), 13 *adj* in *comb*: **~-hearted** उदास, खिन्न, शोकमग्न (cf. light-hearted); **~-weight** 175 पाउंड से भारी मुक्केबाज़ अथवा जाकी (jockey)

hebdomadal हेॅब्डोॅमडल *a* साप्ताहिक

hebetude हेॅबिट्यूड *n* (*psych*) आलस्य

Hebraic हीब्रेइक *a* यहूदियों का, इब्रानी

Hebraism *n* 1 यहूदी मत या विचारधारा, 2 हीब्रू भाषा का मुहावरा

Hebrew हीब्रू *n & a* 1 यहूदी, इज़्राईल-निवासी, इज़्राईली, 2 यहूदियों की प्राचीन भाषा, *a* प्राचीन यहूदियों का, हीब्रू भाषा का, इब्रानी

hecatomb हे̆क-टूम *n* (*Gk & Rom ant*), महायज्ञ (जिसमें १०० बैलों की बलि दी जाती थी), शतमेध; *fig* जनसंहार

heckle हे̆कल *vt* 1 (at public meetings) वक्ता पर गालियों या प्रश्नों की बौछार करना, अनेक कठिन या जटिल प्रश्न पूछना, बार-बार टोकना, 2 (पटसन को कंघे से) साफ़ करना, तूमना

hectare हे̆क्टेअर *n* मेट्रिक प्रणाली में क्षेत्रफल की माप = 2.471 एकड़

hectic हे̆क्टिक *a* 1 क्षयी, क्षय का; ~ **fever** क्षय आदि रोगों में होने वाला ज्वर, ~ **cough** क्षय रोग में होने वाली खाँसी, 2 *sl* हड़बड़ी का, अशांति का, क्षोभ का, उत्तेजना-पूर्ण, बहुत दौड़-धूप का [~ activity, ~ time], 3 **लाल, सुर्ख़**

hector हे̆क्टर *n & vt & i* धमकाने वाला, धौंस जमाने वाला, गुंडा, *vt & i* डराना, धमकाना, धौंस जमाना, रोब जमाना [f. *Hector : Trojan hero son of Priam, king of Troy*]

heddles हे̆डल्ज़ *n pl* करघे का ताना

hedge^1 हे̆ज *n* 1 (झाड़ियों या छोटे-छोटे पेड़ों का) जंगला, बाड़, पत्थरों की बनी मेड़, quickset ~ हरी (झाड़ियों की) बाड़, dead ~ सूखी बाड़; Doesn't grow on every ~ दुर्लभ है, हर जगह नहीं मिलता; 2 मार्ग रोकने के लिए व्यक्तियों (सिपाहियों आदि) की कतार, घेरा, *fig* बाधा, रोक, रुकावट, 3 (*betting, speculation*) घाटे से बचने का उपाय, पेशबन्दी, 4 **hedge-hop** (विमान का) कम ऊंचाई पर उड़ना, **hedgerow** झाड़ियों की कतार, **बाड़**, ~**-sparrow** (यूरोप की) साधारण चिड़िया

hedge^2 *vt & i* 1 बाड़ लगाना, चारों ओर जंगला लगाना, घेरना [to ~**in** a piece of land], 2 (*fig*) hedged **in** *or* **round** with difficulties कठिनाइयों से घिरा हुआ, 3 (सट्टे के साथ-साथ दूसरे सौदे करके) सट्टे से संभावित घाटे की पूर्ति का उपाय करना, पेशबंदी करना, 4 *vi* (in discussion etc) किसी बात का पाबन्द न होना, न 'हां' करना न 'ना करना, पकड़ में न आना, टालमटोल करना

hedging *n* (in speculation) पेशबन्दी

hedgehog हे̆ज्‌हॉग *n* 1 झाऊ चूहा, साही, 2 काँटेदार बीजकोष, 3 व्यक्ति जिसके साथ पटना या निभना कठिन हो, टेढ़ा आदमी

hedonic ही-डॉनिक *a & n* 1 सुख भोग का; 2 *psych* सुख-दुःख संवेदना का, 3 ~s *n* यह सिद्धान्त कि सुखभोग से अच्छी कोई चीज नहीं है, सुखवाद, भोगवाद

hedonism हीड-निज़म *n* भोगवाद, भोगपरायणता, सुखवाद; **hedonist** *n* भोगपरायण व्यक्ति, भोगवादी, सुखवादी, **hedonistic** *a* भोगपारयणता का, भोगवाद का, भोगवादी, सुखवादी

heed हीड *vt & n* ध्यान देना, ध्यान से सुनना, कान धरना, परवाह करना, मानना, *n* ध्यान, परवाह, सावधानी, **to give, pay** ~ **to** sth किसी बात का ध्यान करना, परवाह करना, किसी बात पर ध्यान देना, **to take** ~ सावधान या ख़बरदार होना, to take no ~ of sth कोई परवाह न करना; ~**ful** *a* ध्यान देने वाला, सावधान, ~**less** *a* ध्यान न देने वाला, परवाह न करने, वाला, लापरवाह, बेपरवाह

hee-haw ही-हॉ *n* 1 गधे का रेंकना, रेंक 2 ठहाका, कहकहा

heel^1 हील *n* 1 एड़ी, (पशुओं के) खुर का पिछला भाग, **at heel**; **at** *or* **on** *or* **upon** s.o.'s **heels** किसी के ठीक पीछे, तुरन्त बाद [Disease and famine follow on the heels of war], 2 **to bring** s.o. **to** ~ किसी को वश में करना, किसी को नीचा दिखाना, 3 to fall **head over** ~s (see head 1), 4 **to kick one's** ~s प्रतीक्षा में खड़ा रहना पड़ना, **to cool one's** ~s (see cool^2), 5 **to show a clean pair of** ~s, भाग खड़ा होना, सिर पर पैर रख कर भागना, **to turn on one's** ~ एक दम घूम जाना

heel^2 *vt & t* 1 फ़र्श पर एड़ी मारते हुए नृत्य करना, एड़ी के बल चलना या नाचना, 2 (जूते में) एड़ी लगाना

heel^3 *vi & t* (of ship) (हवा के दबाव के कारण) एक ओर झुक जाना, *vt* एक ओर झुका देना

heel^4 *n* (*naut*) जहाज़ का झुकाव

heft हे̆फ़्ट *n & vt* (U.S.) भार, वज़न; *vt* (भार) उठाना

hefty हे̆फ़्टि *a* हट्टा-कट्टा, हृष्ट-पुष्ट, मोटा-माजा

hegemony हि-गे̆मनि, हे̆-जिमनि *n* नेतृत्व, नायकत्व, अधिष्ठातृत्व, अध्यक्षता, प्राधान्य, सरदारी

Hegira, Hejira हे̆जिरः *n* (मुसलमानों का) हिजरी सम्वत् (जो ६२२ ईस्वी से शुरू होता है)

heifer हेफ़र *n* गाय (जो अभी ब्याई न हो, या जिसका एक से अधिक बछड़ा न हो), जवान गाय, कलोर

heigh हे *int* अरे! वाह! वाह!, **heigh-ho** (थकान या निराशा या उकताहट का सूचक) ओफ़! हाय!

height हाइट *n* 1 ऊंचाई, ~ above sea level समुद्र तल से ऊंचाई; कद [a man of average ~], 2 ऊंची जगह, टीला, 3 **the height** चोटी, शिखर [at the ~ **of** glory], पराकाष्ठा, चरम सीमा, हद [**the** ~ **of** folly etc], **at its** ~ शिखर पर, पराकाष्ठा पर

heighten हाइटन *vt* & *i* 1 ऊंचा करना, 2 बढ़ाना, अधिक करना, तेज़ करना [to ~ the pleasure], 3 *vi* बढ़ना, चढ़ना

heinous हेनस *a* 1 (of crime), घोर, भयङ्कर, भीषण, बीभत्स, जघन्य, दारुण, 2 (of criminal) क्रूर, नृशंस, निर्दय, ज़ालिम; ~**ness** *n* घोरता, भयङ्करता, क्रूरता, नृशंसता

heir एँअर *n* 1 उत्तराधिकारी, दायाद, दायभागी, वारिस, हकदार, 2 ~-**apparent** प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी; युवराज, ~-**presumptive** संभावित उत्तराधिकारी, ~-**at-law** सगा संबंधी होने के कारण उत्तराधिकारी, वैध दायभागी

heiress *n* (fem.) उत्तराधिकारिणी, **दायादा**

heirloom एँअर्लूम *n* 1 उत्तराधिकारी को भू-संपदा के साथ मिलने वाली अन्य चल-संपत्ति, कुलागत वस्तुएं या संपत्ति, पैतृक संपत्ति, 2 *fig* कुलक्रमागत गुण या स्वभाव या विशेषताएं

heliacal हिलाइअ-कल *a*(*astron*) सूर्यसंबंधी, सौर, सूर्य के समीपस्थ, सूर्य के निकटवर्ती [*Gk.* helios = sun]

helianthus हीलि-ऐन्थस *n* सूर्यमुखी फूल(की जाति)

helical हॅलिकल *a* पेचदार, घुमावदार, कुंडलीदार, [~ shell]

helicoid,-dal हॅलिकॉइड(ल) *aa* कुण्डलाकार, घोंघाकार , **सर्पिल**

helicopter हॅलिकॉप्टर *n* एक प्रकार का विमान जो (अन्य विमानों की तरह धावन-पथ पर न दौड़ कर) सीधा ऊपर उठता है, हैलिकाप्टर

heliocentric हीलिअ-सॅन्ट्रिक *a* सूर्य को केन्द्र मान कर नापा हुआ, सूर्य के केन्द्र से देखा हुआ, सूर्य-केन्द्री, सूर्यकेन्द्रिक

heliosis हीलिओसिस *n*(*bot*) तेज़ धूप से पत्तों का झुलस जाना, पत्तों पर धब्बे पड़ जाना, पत्तों का रंग उड़ जाना या बदल जाना, पत्तों की झुलसन, आतप-क्षति; 2 = sunstroke

heliotrope हील्अि-ट्रोप *n* बैंजनी रंग के सुगंधित फूलों वाला पौधा; इसके फूलों की सुगंध या रंग

helipad हॅलिपैड *n* हेलिकाप्टर की उड़ान के लिए सपाट भूमि, हेलिकाप्टर (उड़ान) पट्टी

helium हीलिअम *n* सूर्य के वायुमण्डल में पाई जाने वाली एक गैस, हीलियम

helix हीलिक्स (*pl* -ices), 1 पेचदार वस्तु (जैसा कि बोतल का काग निकालने का पेचदार कांटा अथवा घड़ी का स्प्रिंग), कुंडल, कुण्डली, 2 कान का पेचदार बाह्य भाग, कर्ण सर्पिला

hell हॅल *n* 1 नरक, प्रेतलोक, यमलोक, 2 दारुण दुःख, घोर यातना, to get ~ डांट पड़ना, भर्त्सना की जाना; to give s.o. ~ तंग या परेशान करना [We gave the enemy ~], 3 (*colloq, to express anger*) [What the ~ do you mean?]; to ~ with it भाड़ में जाये, 4 बहुत अधिक, बेहद, to make a ~ of a noise आसमान सिर पर उठाना, बेहद शोर करना, 5 जुआरियों का अड्डा *comb*: ~-**hound** शैतान, राक्षस, नर-पिशाच, दुष्ट व्यक्ति; ~**ish** a नरक का, नारकीय

Hellene हॅलीन *n* 1 प्राचीन काल की शुद्ध यूनानी नसल का व्यक्ति, 2 आधुनिक यूनान का निवासी या राष्ट्रिक

Hellenic हॅलीनिक *a* ग्रीक, यूनानी

Hellenism हॅलि-निज़म *n* ग्रीक भाषा का मुहावरा, ग्रीक शैली (का अनुकरण), यूनानी संस्कृति; यूनानी प्रभाव

Hellenist हॅलिनिस्ट *n* स्वयं यूनानी न होते हुए ग्रीक भाषा का प्रयोग करने वाला, ग्रीक भाषा का विद्वान्

hello हॅलो *int*, *n* & *vi* = hallo

helm हॅल्म *n* 1 (जहाज़ या नाव में) पतवार घुमाने का यन्त्र, सुकान, पतवार, 2 *fig* सरकार, शासन, नियन्त्रण, निर्देशन, मार्गदर्शन; **to take the** ~ नियन्त्रण अपने हाथ में लेना, बाग-डोर संभालना, the man **at the helm** (of affairs) निर्देशन या मार्गदर्शन करने वाला, कर्णधार, सूत्रधार, शासन चलाने वाला, 3 ~**s-man** कर्णधार, सुकानी, मांझी, मल्लाह

helmet हॅल्मिट *n* (सिपाहियों, आग बुझाने वालों का) शिरस्त्राण, (धातु का) टोप; लौह-टोप, ~**ed** *a* शिरस्त्राणधारी

helot हॅलट *n* (*Gk. hist*) (प्राचीन यूनान के स्पार्टा राज्य में खेती पर काम करने वाला)गुलाम

help हॅल्प *vt* & *n* 1 मदद करना या देना, सहायता करना या देना [Help me (**to**) lift it; ~ me **in** lifting it; ~ me **with** my work]; to ~ s.o. **out of** a difficulty किसी को मुसीबत से छुड़ाना, 2 (*at table*) खाना परोसना, to ~ s.o. **to** wine किसी के गिलास में शराब उंडेलना; **Help yourself** स्वयं खाना परोसो, 3 रोकना, बचना, उपाय करना, न करना, न होने देना; It can't be ~ed इसे रोका नहीं जा सकता या इस का कोई चारा नहीं है, अनिवार्य है; I can't ~ it इस विषय में मैं कुछ नहीं कर सकता, मैं इसे रोक नहीं सकता, 4 किये बिना न रह सकना [I can't ~ laughing etc], 5 **to** ~ **oneself** (**to** sth) किसी की सहायता या इजाज़त के बिना ले लेना; *n* 1 सहायता, मदद, सहारा, to come to s.o.'s ~ किसी की मदद करना, 2 काम की चीज़; काम में मदद करने वाला, सहायक; घरेलू नौकर, 3 इलाज, उपाय, बचाव, बचने का तरीका; there is no help for it इस का कोई चारा नहीं है, इस विषय में कुछ नहीं किया जा सकता, 4 = helping (see below); ~**er** *n* सहायक; ~**ful** *a* 1 (of person) सहायक, 2 (of thing) उपयोगी, लाभदायक; ~**ing** *n* एक बार परोसी गई खाने-पीने की चीज़ें [I had two helpings]; ~**less** *a* 1 असहाय, जिसका कोई

मित्र या साथी न हो, 2 जो कुछ कर न सके, विवश, लाचार; ~**lessness** *n* लाचारी, विवशता, बेबसी

helpmate हे`ल्पमेट *n* सहायक, मददगार, हाथ बटाने वाला, सहकारी, सहयोगी, जीवनसाथी (=पति, पत्नी)

helter-skelter हे`ल्टर्-स्के`ल्टर *adv* & *a* & *n* हड़बड़ा कर, हड़बड़ी में, खलबली में, गिरते-पड़ते, [They ran ~], *a* अव्यवस्थित, क्रमरहित, बेतरतीब, घबराहट में, खलबली में [~ flight]; *n* मनोरंजन-मेले में दर्शकों के ऊपर से नीचे तक फिसलने के लिए बना चक्करदार मार्ग

helve हे`ल्व *n* (हथियार या औज़ार का) दस्ता, हत्था, मूठ

Helvetian हे`ल्वीशन *a* & *n* स्विट्ज़रलैंड का (निवासी)

hem^1 हे`म *n* (धोती आदि की) कन्नी, किनारी, झालर, मग़ज़ी, गोट, कपड़े के सिरे को मोड़ कर सीने से बनी किनारी

hem^2 *vt* (-mm-) 1 कपड़े के सिरे को मोड़ कर सीना या तुरपना, 2 to ~ **in** (a place, the enemy) घेर लेना, घेरे में ले लेना, परिवेष्टित करना

hem^3 *vi* (ध्यान आकर्षित करने के लिए) बोलते-बोलते रुक जाना या खांसना या गला साफ़ करना; हिचकना

hemisphere हे`मिस्फ़िअर *n* गोलार्द्ध (वि० पृथ्वी या आकाश का) [the Northern, Southern, ~; the Eastern, Western, ~]

hemispheric(al) *aa* गोलार्द्धवत्, गोलार्द्धसदृश

hemistich हे`मिस्टिक *n* पद्य के दो चरण, पद्यार्द्ध, अर्द्धाली

hemlock हे`मलॉ`क *n* 1 एक फूलदार विषैला पौधा, **2** (इस पौधे के रस से बना) विषैला पेय [Socrates was bidden to drink a cup of ~]

hemorrhage हे`मरिज=haemorrhage

hemp हे`म्प *n* 1 सन, पटसन, पटुआ, 2 पटसन (की छाल) का रेशा (जिससे टाट, रस्से आदि बनते हैं), 3 **Indian** ~ भांग, हशीश

hen हे`न *n* 1 मुर्गी, ~**-coop** मुर्गियों के ऊपर रखने का टोकरा; मुर्गीखाना, 2 ~**-party** (*colloq*) औरतों की पार्टी या जलपान-गोष्ठी, 3 ~**-pecked** *a* पत्नी से दबने वाला (पति), जोरू का ग़ुलाम

hence हे`न्स *adv* 1 अतः, इसलिए [~ it appears that...], इस से, इसके परिणामस्वरूप, 2 अब से, **five year** ~ अब से पांच वर्ष बाद, ~**forth**, ~**forward** अब से लेकर, आगे से, भविष्य में

henchman हे`न्च-मन *n*.1 (*hist*) ज़िले का बड़ा जमींदार; 2 विश्वस्त अनुचर, साथी, पिछलगा, (राजनीति में किसी का) समर्थन करने वाला, पिट्ठू

henna हे`नः *n* मेंहदी, हिना

henotheism हे`न-थीइज़म *n* अपनी-अपनी जन जाति के देवता में विश्वास, एकैकाधिदेववाद

hepatic हिपै`टिक *a* 1 जिगर या यकृत् का, जिगर के लिए अच्छा या लाभकर, 2 जिगर के रंग का

hepatitis हे`प-टाइटिस *n* जिगर की सूजन, यकृत्-शोथ

heptad हे`प्टैड *n* सात चीजों का समूह, सप्तक

heptagon हे`प्ट-गन *n* सप्तभुज

heptarchy हे`प्टार्कि *n* सप्त-शासन, सात राजाओं का शासन: ब्रिटेन में (सातवीं-आठवीं शताब्दी में) ऐंगल और सैक्सन लोगों के सात राज्य

her हर *pron* & *a* उस (स्त्री) को, उसका

herald^1 हे`रल्ड *n* 1 *hist* यूरोप के राज्यों में विशेष अधिकारी जिसका काम था राजकीय घोषणाएं करना, राजाओं के सन्देश पहुंचना, राजाओं की वंश-परंपरागत ध्वजाओं और कुलचिन्हों के प्रयोग के नियम स्थिर करना, ध्वजा का अधिकार रखने वालों के नाम और वंशावलियां लिख रखना, राजकीय समारोहों का प्रबन्ध करना इत्यादि, 2 उद्घोषक, सन्देशवाहक, अग्र-दूत

herald^2 *vt* 1 किसी के आगमन की सूचना देना, संदेश सुनाना, घोषणा करना, 2 आरंभ करना, सूत्रपात करना

heraldic हे`रैल्डिक *a* कुलचिन्हाङ्कित ध्वजाओं या शास्त्रास्त्रों से संबंधित; राजकीय घोषणाओं से संबंधित

heraldry हे`रल्ड्रि *n* (see herald^1) 1 उद्घोषक का पद तथा काम, उद्घोषण 2 वंशावली-विद्या; 3 वंशागत शस्त्रों और कुलचिन्हों के प्रयोग के अधिकार की विद्या; 4 कुलचिन्हों और उनके चित्रण की विद्या; शस्त्रों और कुलचिन्हों का प्रदर्शन या ठाठ-बाट

herb हर्ब *n* **1** पौधा जिसकी डंडी सख़्त या लकड़ीदार न हो, बूटी, जड़ी-बूटी, 2 शाक, तरकारी, भाजी; ~**-age** *n* 1 जड़ी-बूटियां, घास-पात, **2** *law* दूसरे की जमीन पर पशु चराने का अधिकार, पशुचारणअधिकार, ~**al** *a* & *n* जड़ी-बूटी का *n* 1 जड़ी-बूटी का विवरण देने वाली पुस्तक, जड़ी-बूटी विवरणिका, **2** जड़ी-बूटियों से बना पेय; ~**alist** *n* 1 जड़ी-बूटी-विशेषज्ञ, पहले ज़माने का वनस्पति-शास्त्री; **2** जड़ी-बूटी बेचने वाला, औषधि विक्रेता ~**arium** *n* 1 जड़ी-बूटी संग्रहालय, सूखी जड़ी-बूटियों का भण्डार, 2 जड़ी-बूटी विवरणिका; ~**ivore** *n* शाकाहारी पशु; ~**ivorous** हर्-बिवरस *a* घास पात खाने वाला, शाकाहारी, शाक-भोजी (cf. carnivorous)

herbaceous हर्बेशस *a* 1 (of plant) कोमल डंडी वाला, जिसकी डंडी लकड़ीदार न हो, शाकीय (opp ligneous); 2 जड़ी-बूटी का, ~ **border** (बगीचे के चारों ओर) सदाबहार फूलदार पौधों की पट्टी

herby हर्बि *a* 1 (प्रदेश) जिसमें बहुत जड़ी-बूटियां पाई जाती हों, ओषधि-बहुल, 2 जड़ी-बूटी जैसा, शाकीय

Herculean हर्क्युलिअन *a* 1 ~ **task** ऐसा काम जिसे करने में बड़ा ज़ोर लगे, बड़ा भारी काम, भीमकार्य, भगीरथ-प्रयत्न, 2 महा पराक्रमी, महा बली

(see foll)

Hercules हर्क्युलीज़ (*Gk* & *Rom myth*) युनान का सब से बलवान् और पराक्रमी पुरुष जो देवताओं से भी भिड़ जाता था और सिंह-वध आदि अनेक प्राक्रमों के लिए प्रसिद्ध था (also see Augean)

herd¹ हर्ड *n*1साथ-साथ चरने वाले मवेशियों का झुंड, रेवड़, यूथ, वृन्द, 2 *derog* व्यक्तियों का समूह, दल, जत्था, टोली; the ∼, the common *or* vulgar herd जनसाधारण, आम लोगों की भीड़; **the herd instinct** मिल कर रहने तथा साथियों का अनुकरण~~—करने~~ की प्रवृत्ति, भेड़-चाल, भेड़िया-धंसान, 3 **∼sman** चरवाहा, ग्वाला

herd² *vi* & *t* (of animals) 1 झुंड में रहना [to ∼ together], 2 (*of persons*) to ∼ together *or* **with** a party etc. इकट्ठा होना, मिलना, मेल-जोल रखना, 3 *vt* पशुओं को चराना, पशुचारण करना

here हिअर *adv* & *n* 1 यहाँ, इस जगह, इस स्थान में, 2 (*in discourse etc*) अब [Here, I would like to ask a question], 3 इधर, इस ओर (Look here), 4 ध्यान आकर्षित करने या एतराज़ करने के लिए, Look here(i) देखिऐ (ii) ठहरिये, 5 I don't belong ∼ मैं इस जगह का निवासी नहीं हूं, यहां का रहने वाला नही हूँ; **Here you** (*or* **we**) **are** (i) यह है वह चीज़ जिसकी तुम्हें (या हमें) तलाश या ज़रूरत थी, यह लो; (ii) लो वह जगह आ गई! लो हम पहुंच गये! 6 **here and there** (i) इधर-उधर, (ii) अनेक स्थानों में, **here, there, and everywhere** अनेक स्थानों में 7 (*colloq*) **That's neither here nor there** (i) इस का प्रसंग नहीं है, (ii) इस का कोई महत्त्व नहीं, इसका कोई असर नहीं होगा, 8 *n* यह जगह [near ∼; **up to** ∼; I want to get out of ∼], 9 (*comb. forming advv*) **hereabout**(s) यहीं कहीं, इघर-उघर, आस-पास, अगल-बगल में, **hereafter** (i) आगे से, भविष्य में, (ii) आगामी जीवन में, उस दुनिया में, **hereby** इसके द्वारा, एतद्द्वारा, इसके फलस्वरूप, **heretofore** पूर्वकाल में, पहले, अब तक, **hereupon** इसके बाद, तब, इसके फलस्वरूप, **herewith** इसके साथ, इससे संलग्न

hereditable हिरें`डि-ट-बल *a* वंशपरम्परा से या बाप-दादा से प्राप्य, अत्तराघिकार में मिल सकने वाला, दाययोग्य

hereditament हे`र्रिडिटमन्ट *n* 1 उत्तराघिकार में मिल सकने वाली संपत्ति; भूसंपदा, 2 उत्तराघिकार में मिली संपत्ति, पैतृक संपत्ति, रिक्थ, दाय, बपौती, विरासत

hereditary हि-रें`डिटरि *a* 1 वंशपरम्परागत, कुलक्रमागत, वंशागत, आनुवंशिक, पैतृक, मौरूसी [∼ rulers], 2 पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलने वाले (रोग प्रवृत्तियां आदि), पुश्तैनी

heredity हि-रें`डिटि *n* 1 सन्तान का माता-पिता जैसा होना, पैतृक गुणों से युक्त होने की प्रवृत्ति, आनुवंशिकता, 2 पैतृक गुण

heresy हे`र-सि *n*1ईसाई धर्म (या किसी धर्म) के परम्परागत या शास्त्रसंम्मत सिद्धान्तों के प्रतिकूल मत, नास्तिकता, पाखंड, धर्म-प्रतिकूल आचरण, अपधर्मिता, 2 किसी विषय के स्वीकृत सिद्धान्तों के प्रतिकूल सिद्धान्त, प्रतिकुल सिद्धान्त का प्रतिपादन

heretic हे`रिटिक *n* विधर्मी, अपधर्मी, नास्तिक, पाखंडी, काफ़िर

heretical हि-रें`टिकल *a* नास्तिकता का, पाखंड का, पाखडपूर्ण, धर्मविरोधी

heritable हे`रि-ट-बल *a* 1 (भूसंपदा के अतिरिक्त अन्य संपत्ति) जो मालिक के सगे संबंधियों को मिल सके, 2 पिता से सन्तान को मिल सकने वाला, दाययोग्य, 3 (of person) उत्तराधिकारी, दायाद

heritage हे`रिटिज *n* उत्तराधिकार में मिली संपत्ति, पैतृक धन, रिक्थ, बपौती, दाय, विरासत

heritor हे`रिटर *n* उत्तराधिकारी, दायभागी

hermaphrodite हर्मैफ़्-डाइट *a* & *n* 1 (मनुष्य या पशु या पौधा) जिसमें नर और मादा दोनों के चिन्ह हों, उभयलिङ्गी (*e.g.* earthworm), 2 परस्पर विरोधी गुणों से युक्त (व्यक्ति या पदार्थ), 3 अर्धनारी मूर्ति

hermeneutic हर्मिन्यूटिक *a* & *n* व्याख्या का, व्याख्या-संबंधी, व्याख्यात्मक; ∼s *n pl* व्याख्या (वि० धर्मशास्त्रों की)

Hermes हर्मीज़ *n* (*Gk myth*) देवताओं का दूत, देवदूत; विज्ञान आविष्कार, वाणिज्य आदि का देवता

hermetic हर्मे`टिक *a* 1 प्राचीन रसायन विद्या का, कीमियागरी का, ∼ art रसायनविद्या, कीमियागरी, ∼ sealing इस तरह बन्द करना कि हवा न आ-जा सके, सम्मुद्रण, 2 सम्मुद्रित, वातरुद्ध; 3 *fig* बाह्य प्रभाव से सुरक्षित; 4 गूढ़, दुरूह, रहस्यपूर्ण

hermit हर्मिट *n* साधु, एकान्तवासी; **∼age** *n* (साधु की) कुटिया, आश्रम

hernia हरनिअः *n* (*path*) आंत का उतरना, अन्त्रवृद्धि, वर्ध्म, हर्निया; **∼l**, **∼ry** *aa* अन्त्रवृद्धि का

hero हिअरो *n* (*pl*-**oes**) 1 वीर, शूरवीर, बहादुर, सूरमा, योद्धा, महापुरुष, 2 (काव्य आदि में) नायक, चरितनायक, 3 **hero-worship** वीर-पूजा महापुरुषों की पूजा

heroic *a* & *n* 1 वीरोचित, शूरवीरों जैसा, वीरतापूर्ण, बहादुरी का [∼ deed], ∼ **age** वीर-युग, ∼ **poem** वीर काव्य, ∼ **verse** वीर काव्य में प्रयुक्त छन्द, (*e.g.* in Eng. five-foot iambic), 2 वीर बहादुर, साहसी, 3 (of lang) ओजस्वी, (*n pl*) **heroics** ओजस्विनी भाषा या वक्तृता; **∼ally** *adv* वीरतापूर्वक, बहादुरी से

heroi-comic(**al**) हिरोइ-कों`मिक (ल) *a* जिसमें

वीर-रस एवं हास्य रस का मिश्रण हो, वीर-हास्य रस मिश्रित

heroin हे॑रो-इन *n* अफ़ीम से तैयार की जानेवाली पीड़ाहर औषध, अहिफेनक, हीरोइन

heroine हे॑रोइन *n* वीर नारी, वीराङ्गना, (साहित्य में) नायिका

heroism हे॑रोइज़म *n* वीरता, शूरता, शौर्य, शूर-वीरता, पराक्रम, साहस

heron हे॑रन, **hern** हर्न *n* सारस, बगुला; **∼ry** *n* बगुलों का प्रजनन स्थान

herpes हर्पीज़ *n* त्वचा-रोग जिसमें शरीर पर छाले पड़ जाते हैं, हरफ़ी, परिसर्प

herpetology हर्पिटॉलजि *n* सांप आदि रेंगने वाले जन्तुओं की विद्या, सरीसृप-विज्ञान

Herr G हे॑अर *n* श्री, श्रीमान् (*fem* Frau)

herring हे॑रिङ्ग *n* उत्तरी अतलांतिक सागर में पाई जाने वाली मछली; **red herring** सुरक्षित करने के लिए धुंआने से लाल की हुई मछली; **to draw a red ∼ across the track** अप्रासंगिक किन्तु रोचक बात छेड़ कर प्रस्तुत विषय से ध्यान हटाना

herself *pron* (emphatic and reflexive form *corresp* to her) 1 स्वयं खुद, 2 अपने आपको. **(all) by∼** अकेले ही, बिना किसी की सहायता के

hesitance, -cy हे॑ज़िटन्स, -सि *nn* 1 हिचक, हिचकिचाहट, झिझक, संकोच, 2 अनिश्चतता, दुविधा. उलझन, असमंजस

hesitant हे॑ज़िटन्ट *a* 1 हिचकिचाता हुआ, झिझकता हुआ, संकोची, संकोचशील, 2 अस्थिरचित्त, दुलमुल, दुविधा या असमंजस में पड़ा हुआ

hesitate हेज़िटेट *vi* हिचकना, हिचकिचाना, झिझकना, संकोच करना [**to ∼ to do sth**]; संकल्प-विकल्प करना, आगा-पीछा करना, असमंजस या दुविधा में होना [He is hesitating **about** joining the strike]

hesitation हेज़िटेशन *n* हिचक, हिचकिचाहट, झिझक, संकोच [I have no ∼ in admitting that...]; **without hesitation** निस्संकोच; **hesitative**=hesitant

Hesperian हे॑स्पिअ-रिन *a* (*poet*) पश्चिमी, पश्चिम दिशा का

Hesperus हे॑स्परस *n* सांध्य तारा

hessian हे॑सिअन *n* सन या पटुए का मोटा कपड़ा, टाट

hetaera हे॑टिअर: **-aira** हिटाइअर: *n* (*pl* **-rae**) वेश्या, वाराङ्गना, **उपपत्नी**

hetero- हे॑टर: in *comb*: *Gk* heteros=*Skt* इतर=दूसरा, भिन्न, विषम

heterodox हे॑टेर-डॉक्स *a*(of person) विधर्मी, पाखंडी, नास्तिक, (of opinion) शास्त्रविरुद्ध, धर्म के स्वीकृत सिद्धान्तों के प्रतिकूल, अशास्त्रीय

heterodoxy हे॑टर-डॉक्सि *n* 1 प्रतिष्ठित धर्म का खंडन, शास्त्रविरोध, शास्त्रविरुद्ध मत या विचार, पाखंड, नास्तिकता

heterogeneous हे॑टर-जीनिअस *a* भिन्न प्रकृति का, भिन्न प्रकार का, विषम, परस्पर मेल न खाने वाला [∼ elements], असमान या असदृश या विविध तत्वों का बना हुआ, विषमांग, पँचमेल, खिचड़ी-जैसा; (opp. homogeneous), **∼ness, heterogeneity** हे॑टर-जिनीइटी *nn* 1 अवयवों का परस्पर मेल न खाना या भिन्न प्रकार का होना, विषमांगता, 2 विषमजातीयता, विजातीयता

heterogenesis हे॑टर-जे॑निसिस *n* अजीव या अजैव तत्वों के मेल से जीव की उत्पत्ति, विषम उत्पत्ति

heterosexual हे॑टर-से॑क्शुअल *a* & *n* विपरीतलिङ्गकामी, (of man) स्त्रीकामी, (of woman) पुरुषकामी, पुरुषकामिनी (opp. homosexual)

hew ह्यू *vt* (*pp* hewn *or* hewed) 1 (कुल्हाड़ी या तलवार से) काटना, चीरना, फाड़ना, to ∼ to pieces टुकड़े करना, **to ∼ one's way** (कुल्हाड़ी से) काट कर अपना रास्ता बना लेना, 2 to ∼ a stone पत्थर तराशना, to ∼ a statue मूर्ती तराशना या गढ़ना; **∼er** *n* काटने वाला, तराशने वाला, (खान की परतों से) कोयला काटने वाला, **to be hewers of wood and drawers of water** लकड़ी काटना और पानी भरना, गुलामों की तरह सेवा-कार्य में जुते रहना, गुलामी करना

hexagon हे॑क्सगन *n* षड्भुज, षट्कोण; **∼al** *a* षट्भुज, षट्भुजाकार, षटकोणीय

hexahedral *a* छः पहलुओं या फलकों वाला, षट्फलकी

hexahedron हे॑क्स-हे॑ड्रन *n* षट्फलक

hexameter हे॑क्सैमिटर *n* छः चरणों का छन्द, षट्पदी

hey हे *int* ध्यानाकर्षण, हर्ष. आश्चर्य, प्रश्न आदिका बोधक, अरे! सुनो! देखो!, **Hey presto!** (करतब पूरा होने पर मदारी के शब्द) ए लो!

heyday हे-डे *n* (यौवन, बल, सामर्थ्य, समृद्धि आदि का) उत्कर्ष, पूरा जोबन, **to be in the ∼ of youth, of life** भरी जवानी में होना, पूरे जोबन पर होना

hi हाइ *int* ध्यानाकर्षण का बोधक, अरे! अजी!

hiatus हाइ-एटस *n* (*pl*-**uses**) 1 (शृंखला या सिलसिले में) भंग, टूट, (वर्णन आदि में) वह स्थल जहां कोई बात छूट गई हो, विच्छेद, अन्तर, अन्तराल, क्रमभंग, 2 (अजन्त शब्द के बाद अजादि शब्द का उच्चारण करने में) तनिक विराम *e.g. in* see easily)

hibernal हाइबर्नल *a* शीतकालीन, सर्दियों का, शीतकाल-जैसा

hibernate हाइबर्नेट *vi* 1 (of animal) सर्दियों में सोया रहना, 2 (of person) जाड़े के दिन शीतोष्ण प्रदेश में बिताना, 3 *fig* निष्क्रिय रहना, **hibernation** *n* शीतकालीन निद्रा या निष्क्रियता,

शीत-निष्क्रियता

Hibernian हाइ-बर्निअन *a* & *n* आयर्लैन्ड का (निवासी)

hiccough, hiccup हिकप *n* & *vi* & *t* हिचकी, हिक्का, *vi* हिचकी लेना; *vt* to ~ **out** sth हिचकियां लेते हुए कहना

hickory हिकरि *n* **1** उत्तरी अमरीका का अखरोट-जैसा पेड़, **2** इसकी लकड़ी (की छड़ी)

hide^1 हाइड *n* **1** (पशु का) चमड़ा, खाल, **2** *joc* (मनुष्य की) त्वचा, चमड़ी, **to save one's own ~** अपनी चमड़ी या जान बचाना, **3 hide-bound** (i) (of cattle) दुबला-पतला, (ii) (of person, views) संकीर्ण-हृदय, अनुदार; कट्टरपन्थी

hide^2 *vt* & *i* (*pt* hid, *p.p.* hidden, hid) **1** छिपाना, छिपना, (तथ्य आदि) गुप्त रखना, **to ~ sth from** s.o. कोई बात या चीज़ किसी से छिपाना, **2 to ~ one's light under a bushel** (see bushel); **3 hide-and-seek** आंख-मिचौनी; **~-out** *n* छिपने की जगह

hideous हिडिअस *a* **1** भयङ्कर, डरावना, **2** (of crime) जघन्य, बीभत्स, घृणित, कुत्सित, **3** (of looks) विकराल, भद्दा, बीभत्स, कुरूप; **~ness** *n* भयङ्करता; जघन्यता; विकरालता

hiding हाइडिङ्ग *n* **to go into ~** (कहीं) छिप जाना, रूपोश हो जाना; **to be in ~** छिपा होना या रहना; **to come out of ~** बाहर आ जाना, प्रकट होना, ~ -place छिपने की जगह

hie हाइ *vi* (*poet*) **1** to hie to a place कहीं जल्दी-जल्दी जाना, **2** (*refl*) hie thee जल्दी जाओ

hierarch हाइअ-रार्क *n* बड़ा या प्रधान पादरी, लाट पादरी, प्रधान-धर्मधिकारी

hierarchy हाइअ-रार्कि *n* **1** वरिष्ठता के क्रम से निर्धारित फ़रिश्तों के तीन वर्गो में से कोई, **2** फ़रिश्ते, देवगण, **3** धर्मतन्त्र, पादरियों की सरकार, **4** वरिष्ठ वर्ग; वरिष्ठ वर्ग का शासन **5** सोपानवत् संगठन, संगठन जिसके सदस्य वरिष्ठता पर आधारित वर्गो में विभक्त हों; श्रेणीबद्ध संगठन या समाज; पद-सोपान, पद-परंपरा, the ~ of the Administrative Service प्रशासनिक सेवा-सोपान, **hierarchic(al)** *a* वरिष्ठता पर आधारित वर्गों वाला, सोपानवत्, सोपानिक, श्रेणीबद्ध, in hiearchical order वरिष्ठता के क्रम से, सोपानिक क्रम से

hieratic हाइअ-रैटिक *a* **1** पादरियों का, पुरोहितों का, याजकीय, **2** प्राचीन मिस्र की लिपि का, (see foll)

hieroglyph हाइअर-ग्लिफ़ *n* **1** ध्वनियों या शब्दों के सूचक चित्र (जो कि मिस्र के तथा अन्य प्राचीन लेखों में मिलते हैं), चित्राक्षर, चित्रलिपि, प्रतीक-लिपि, **3** *joc* पढ़ा न जाने वाला लेख या लिपि

hieroglyphic हाइअर-ग्लिफ़िक *a* & *n* चित्रलिपि में लिखित; (*n pl*) **~s** चित्रलेख, चित्रलिपि

hi-fi हाइफ़ाइ *n* & *a* (*colloq abbr* of high fidelity) मूल ध्वनि के बिल्कुल समान ध्वनि उत्पन्न करने का गुण; अविकृत ध्वनि-उत्पादन; *a* हूबहू ध्वनि उत्पन्न करने वाला (रेडियो आदि यन्त्र)

higgle हिगल *vi* सौदा करना, मोल चुकाना, मोल-भाव पर झगड़ना, मोल-तोल करना

higgledy-piggledy हिगल्डि-पिगल्डि *adv* & *a* बिना क्रम के, बेतरतीब, उल्टे सीधे, अव्यवस्थित ढंग से; *a* क्रमहीन, गड्ड-मड्ड

high हाइ *a*, *adv* & *n* **I 1** ऊंचा, उच्च, [a ~ hill, jump, official, etc]; **2** उच्च कोटि का, उत्कृष्ट [~ art), **3** अच्छा, उत्तम, श्रेष्ठ [a ~ opinion], to have a ~ opinion of s.o. किसी के बारे में बहुत अच्छी राय होना, **4** बड़ा, मुख्य, ~ price बड़ी कीमत, **~ road** बड़ी सड़क, **~ street** बड़ा बाज़ार, **5** महँगा, तेज़, [Wheat is ~], **II** *misc*: **~ colour** (अच्छे स्वास्थ्य के कारण) चेहरे की लाली या सुर्खी, लालिमा, **High Commissioner** ब्रिटिश राष्ट्रमंडल के अन्तर्गत देशों का एक-दूसरे के यहां राजदूत, उच्चायुक्त, **High Court** उच्च न्यायालय, बड़ी अदालत; **~ day** उत्सव का दिन, **~ fever** तेज़ बुखार, **highland** पहाड़ी, पठार, **highlands** पहाड़ी प्रदेश, **highlander** पहाड़ का रहने वाला, पहाड़ी (आदमी), **highlight**(s) चित्र का वह भाग जहां अधिक प्रकाश डाला गया हो, प्रकाशित भाग, *fig* मुख्य विषय, ख़ास-ख़ास बातें [the ~ lights of the cultural programme], ~ priest प्रधान पुरोहित, धर्माध्यक्ष; **high sea(s)** किसी देश के प्रादेशिक समुद्र (प्रायः तट से तीन मील) से आगे का समुद्र, खुला समुद्र, **~ speed** तेज़ रफ़्तार, द्रुत या तीव्र गति, **~ temperature** (i) उच्च ताप-मान, (ii) तेज़ बुखार, **9 high time** उपयुक्त समय, वह समय जब और देर करना उचित न हो; it is ~ time to go, it is ~ time we went जाने का समय हो गया है; **high treason** (घोर) देश-द्रोह, राजद्रोह, **high water** उच्चतम ज्वार, **high-water mark** उच्चतम ज्वार का तल; *fig* उच्चतम सीमा, पराकाष्ठा; अधिकतम मूल्य, सब से अच्छी दशा या अवस्था; **highway** राजपथ, राजमार्ग, बड़ी सड़क, शाहराह, **highwayman** शाहराह पर लोगों को लूट लेने वाला, लुटेरा, डाकू, बटमार **high and dry** (i) (*of ship*) सूखी जगह पर, रेती में (धँसा हुआ), (ii) *fig* to leave s.o. ~ and dry किसी को अलग-थलग कर देना, साथ छोड़ देना, कार्यवाहियों में भाग न लेने देना, **high & low** (i) अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, *adv* हर जगह [to search **~ and low**], **III** *comb*: **~-born** उच्च कुलोत्पन्न, कुलीन, अभिजात, **high-brow** *a* & *n* स्वतंत्र एवं निष्पक्ष विचार का (आदमी), मनीषी, विद्वान्; **high-flown** शब्दाडम्बरपूर्ण (भाषा, शैली आदि); **~-flying** महत्त्वाकांक्षी, **~-handed** (**i**) (of action) मनमाना, निरङ्कुश, सख़्ती का, (*of person*) निरङ्कुश;

स्वेच्छाचारी, मनमानी करने वाला, अत्याचारी, क्रूर ज़ालिम;~-handedness मनमानी,अत्याचार, अन्याय, और अत्याचार, अंधेर, अंधेरखाता, धांधली, ~-minded उदारमना, महामना, मनस्वी, ~-pitched (of sound) तेज़ , तीव्र, बहुत ऊंचा, ~-souled=~ minded (see before); ~-sounding आडम्बरपूर्ण, अलङ्कारमय, शेखी-भरा, ~ spirits उत्साह, जोश, उमंग, ~-spirited जोशीला, निर्भीक, उत्साही. **high-strung** (see string *vb* 5) उत्तेजनाशील, चिढ़ा हुआ, IV *adv* **to run ~** (i) (of sea) बड़ी बड़ी या ऊंची-ऊंची लहरें उठना, (ii) (of feelings) जोश आना, उत्तेजित होना, गर्मागर्मी होना; V *n* 1 प्रदेश जहाँ वायु का दबाव अधिक हो, अधिकवायुदाबक्षेत्र, अधिक्षेत्र [the Bombay high], 2 ऊंची सतह, ऊंची जगह; **on ~** ऊंची जगह में; स्वर्ग में

highly हाइलि *adv* 1 बहुत, अधिक, अत्यन्त [~ amusing], **2 ~ coloured** बढ़ा-चढ़ा कर कहा हुआ, अतिरंजित (वर्णन आदि), **3 ~ paid** बड़ा वेतन या बहुत पारिश्रमिक पाने वाला (व्यक्ति), जिसमें बड़ा वेतन मिले [~ paid job], **4 to think ~ of s.o.** किसी के बारे में बहुत अच्छी राय होना; **to speak ~ of** प्रशंसा करना

highness *n* 1 राजकुमारों, नरेशों आदि की उपाधि, महाराज, महारानी [His, Her, Highness], 2 अधिकता [~ of prices], उच्चता [of ambition]

hijack हाइजैक *vt* & *n* चालक को गोली से उड़ा कर (या उड़ा देने की धमकी देकर) वाहन (वि॰ उड़ते हुए विमान)को अपने क़ब्ज़े में कर लेना, अपहरण करना, वाहन को उसके गन्तव्य स्थान के बजाय अन्यत्र जाने पर मजबूर करना, अपचालन करना; *n* (विमान, बस आदि का) अपहरण, **~er** *n* अपहरणकर्ता; अप-चालनकर्ता

hike हाइक *n* & *vi* & *t* (*colloq*) 1 मनोरंजन आदि के लिए देहाती या पहाड़ी प्रदेश में लम्बी पैदल सैर, पैदल यात्रा, पदयात्रा, भ्रमण, गश्त, आवारागर्दी, 2 वृद्धि, बढ़ोतरी [price hike], *vi* 1 पैदल यात्रा करना, भ्रमण करना, 2 *vt* ऊंचा करना, उठाना, ज़ोर से धकेलना; **~r** *n* घुमक्कड़, पदयात्री

hiking *n* =hike *n*

hilarious हिलेअरिअस *n* खुश, प्रसन्न, प्रफुल्ल, मगन, प्रसन्नचित्त, उल्लसित, ज़िन्दादिल, विनोदशील, उल्लासपूर्ण, उल्लासमय, आनन्दमय; **~ness, hilarity** हिलैरिटि *nn* खुशी, उल्लास, आह्लाद, ज़िन्दादिली, विनोदशीलता

hill हिल *n* 1 पहाड़ी, **hill-station, the hills** (Anglo-Ind) (स्वास्थ्यवर्द्धक) पहाड़ी-स्थान, पर्वतीय नगर; **old as the ~s** बहुत प्राचीन या पुराना, 2 टीला, ढूह, **ant-~** वल्मीक; **3 ~top** पहाड़ी की चोटी

hillock हिलक *n* छोटी पहाड़ी, टीला, ढूह

hilly हिलि *a* पहाड़ का, पहाड़ी, पर्वतीय [~ road]

hilt हिल्ट *n* (तलवार, कटार आदि की) मूठ, दस्ता, **up to the hilt** पूर्णतया, **to prove an assertion up to the hilt** कथन को पूरी तरह प्रमाणित या साबित करना

him हिम *pron* 1 (*objective case* of he) उसे, उसको, 2 (*colloq*, also *subjective*) That's him.

himself *pron* (*emphatic and refl form corresp* to he) 1 स्वयं, ख़ुद; **2 he is not ~** (i) उसकी तबीयत ठीक नहीं है, (ii) उसका दिल ठिकाने नहीं है

hind^1 हाइन्ड *n* हिरन (विशेषत: लाल हिरन) की मादा, हिरनी, मृगी

hind^2 *n* 1 खेत पर (वि॰ स्काटलैंड और उत्तरी इंग्लैंड में) काम करने वाला नौकर, 2 गंवार

hind^3, hinder *aa* पीछे का, पिछला, पश्च, **hind leg** पिछली टांग, **hinder part** पिछला भाग; **hindmost** सब से पीछे का, पश्चतम; **~quarters** (चौपाये की) पिछली टांगे और पुट्ठा, **hindsight** *n* घटना घटित होने के बाद होने वाला विवेक, अनुदृष्टि

hinder हिंडर *vt* रोकना, रुकावट डालना, बाधा डालना, अड़ंगा लगाना, न होने देना [to ~ s.o.'s work, to~ s.o. in his work]; रोकना, न करने देना [to ~ s.o. **from** doing sth]

hindrance हिन्ड्रन्स *n* रोक, रुकावट, बाधा, विघ्न, अड़चन, [He is more of a ~ than a help], अड़ंगा, **without let or ~** बे रोक-टोक, स्वतन्त्रतापूर्वक, स्वच्छन्ता-पूर्वक (see let *n*)

Hinduism *n* हिन्दू धर्म, हिन्दुत्व

hinge^1 हिन्ज *n* 1 कब्ज़ा, जोड़, a door off its ~s किवाड़ जिसके कब्ज़े उखड़ गये हों, a person off the ~s व्यक्ति जिसका स्वास्थ्य बिगड़ गया हो या दिल ठिकाने न हो, 2 *fig* महत्वपूर्ण या आधारभूत सिद्धान्त, बात जिस पर सब कुछ निर्भर करे, केन्द्र-बिन्दु

hinge^2 *vt* & *i* 1 (किवाड़ को) कब्जा लगाना, कब्जों पर खड़ा करना, 2 *vi* (किवाड़ का) कब्जों पर खड़ा होना, 3 *fig* (किसी तथ्य या सिद्धान्त पर) आधारित या आश्रित या निर्भर होना; Everything ~s on his answer सब कुछ उसके उत्तर पर निर्भर करता है; **~d** *a* कब्जेदार

hinny हिनि *n* खच्चर

hint^1 हिन्ट *n* 1 संकेत, इशारा, भनक; **broad ~** स्पष्ट संकेत, खुला इशारा, to give, drop, s.o. a hint किसी को इशारा करना, 2 गुर, तरकीब [~s for housewives]

hint^2 *vt* & *i* संकेत देना या करना, इशारा देना या करना, भनक देना, *vt* **to hint that...,** *vi* **to hint at sth** किसी बात का संकेत या इशारा करना

hinterland हिन्टर्लैन्ड *n* (समुद्र या नदी के) तट के पीछे या परे का प्रदेश या इलाका, तट से कुछ दूर का इलाका, पश्चप्रदेश

hip हिप *n* 1 कूल्हा [with his hand on his ~s]; **2 to smite s.o. hip and thigh** किसी को

खूब पीटना, किसी का कचूमर निकालना; 3 **~-bath** टब जिस में बैठने पर पानी कमर तक आता है, कटि-स्नान-टब; **~-bone** नितम्ब-अस्थि

hip *int* **Hip, hip, hurrah!** वाह्-वाह्!, शाबास! (का समवेत नारा)

hippo हिपो *n colloq for* **hippopotamus**

Hippocratic हिप-क्रैटिक *a.* **~ oath** डाक्टरी पेशे की शपथ

hippodrome हिप-ड्रोम *n* 1 (*Gk. & Rom ant*) रथों की दौड़ का मैदान, 2 (घुड़-दौड़, सरकस आदि का) मैदान; 3 रंगशाला

hippopotamus *n* (*pl* **-muses,-mi**) (हिप-पॉट-मस,-मसिज,-माइ) अफ़्रीकी दरियाई घोड़ा

hippy, hippie हिपि *n* जीवन के परम्परागत आदर्शों तथा समाज के बन्धनों का विरोधी, बन्धन-रहित जीवन बिताने का पक्षपाती, हिपि

hircine हर्साइन *a* बकरे-जैसा

hire हाइअर *n* 1 (of thg) किराया, भाड़ा, 2 (of person) मजदूरी, पारिश्रमिक, मेहनताना, 3 किराये पर लेना, (व्यक्ति को) मजदूरी पर रखना, 4 **hire-purchase (system)** वह प्रणाली जिसमें किराये पर चीज लेने वाला किराये की निश्चित किस्तें देने के बाद चीज का मालिक बन जाता है, किस्तों पर खरीदना, भाटक-खरीद, किराया-खरीद; 5 **for** *or* **on ~** किराये के लिए

hire^{2} *vt* 1 किराये या भाड़े पर लेना, मजदूरी पर रखना, **~d assassin** भाड़े का हत्यारा, 2 to ~ **out** किराये या भाड़े पर देना

hireling हाइअर्-लिङ्ग *n* (usu *derog*) भाड़े का टट्टू

hirsute हर्स्यूट *a* लम्बे और घने बालों वाला, झबरा, लोमश

his हिज़ *a & pron* (possessive case of he; *adj corresp* to he) उसका, उसकी, उसके

hiss हिस *vi & t & n* 1 सी-सी शब्द करना, सीत्कार करना, सिसकारना, 2 (सांप का) फुफकारना, फूत्कार करना, 3 (अस्वीकृति या नापसंदगी व्यक्त करने के लिए) शी-शी करना, to ~ an actor, a speaker, off the stage शी-शी करके अभिनेता, वक्ता, को रंग-मंच से भगा देना, *n* सिसकारी, सीत्कार, फूत्कार

histology हिस्टॉल-जि *n* ऊतकविज्ञान

historian हिस्टॉरिअन *n* इतिहासकार, इतिहास-लेखक, इतिवृत्तलेखक, इतिहासज्ञ

historic हिस्टॉरिक *a* 1 ऐतिहासिक, ऐतिहासिक महत्व का, [~ event], 2 इतिहास-प्रसिद्ध [the ~ Red Fort]

historical हिस्टॉरिकल *a* इतिहास का, इतिहास-संबंधी, इतिहासविषयक, ऐतिहासिक [~ evidence], इतिहास पर आधारित [~ method]; **~ly** *adv* इतिहास की दृष्टि से, इतिहास के अनुसार, ऐतिहासिक क्रम से

historicity हिस्ट-रिसिटि *n* 1 ऐतिहासिकता, 2 प्रामाणिकता, सत्यता, वास्तविकता

historiographer हिस्टॉरिअ-ग्रफ़र *n* इतिहासकार, (राजदरबार द्वारा नियुक्त) इतिहास लेखक

historiography हिस्टॉरि-ऑग्रफ़ि *n* इतिहास लिखना, इतिहास-लेखन

history हिस्टरि *n* 1 इतिहास, इतिवृत्त, तारीख़, वृत्तान्त, **to make ~** इतिहास (में लिखने) योग्य या इतिहासीय या चिरस्मरणीय काम करना, 2 पुरानी बात या घटना, 3 किसी वस्तु से संबंधित घटनाओं का क्रमिक विवरण, किस्सा, कहानी [This house has a ~], 4 **natural ~** (see natural)

histrion हिस्ट्रिअन *n* (*arch*) अभिनेता, नाटक खेलने वाला, नट

histrionic हिस्ट्रि-ऑनिक *i* 1 अभिनेताओं का, अभिनय का, रंगमंच का, नाटकीय, रंगमंचीय, 2 दिखावटी, दिखावे का, अवास्तविक, जो हार्दिक न हो; **~ally** *adv* नाटक के रूप में, अभिनय द्वारा

histrionics हिस्ट्रि-ऑनिक्स *n pl* 1 अभिनय कला, नाट्य कला 2 दिखावा, पाखंड, आडम्बर

hit हिट *vt & i* 1 मारना, चोट मारना, प्रहार करना, वार करना, (*hockey* etc) हिट मारना, 2 टक्कर मारना, टकराना, भिड़ना [to ~ against, on, sth], 3 in *pass* टक्कर लगना, लगाना; He was ~ by a bullet उसे गोली लगी; *fig* चोट खाना, धक्का या आघात लगना, to be hard hit भारी नुक्सान होना, भारी आर्थिक हानी होना, घाटा पड़ना, 4 **to hit and run** (i) (of attackers) वार कर के भाग जाना, (ii) (of vehicle driver) टक्कर मार कर भाग जाना, 5 **to ~ back** बदले की चोट करना, जवाबी वार करना, 6 **to hit below the belt** (i) नियमविरुद्ध वार करना, धोखे से मारना, (ii) *fig* बेईमानी करना, कमीनापन करना, (*of news*) **to hit the headlines** (महत्वपूर्ण होने के कारण) मोटे शीर्षक के साथ छपना, 7 to ~ the mark निशाने पर लगना, 8 **to ~ the (right) nail on the head** ठीक (बात का) पता लगा लेना, बूझ लेना, पते की बात कहना, 9 **to hit it off with s.o.** किसी से सहमत होना; पटना; **10 to hit out at s.o.** किसी पर ज़बरदस्त वार करना, (*fig*) खरी-खरी सुनाना, कटु आलोचना करना, चोट करना, 11 (*crick*) **to ~ (runs)** रन करना, 12 **to hit upon** संयोगवश पता लगा लेना, अचानक पा लेना [He has hit upon an important discovery], 13 **to hit the public taste** जनता की रुचि या पसंद का होना, जैसा लोग चाहते हों वैसा होना

hit^{2} *n* 1 चोट, मार, प्रहार, आघात, 2 व्यंग्य, ताना, छींटा, चोट [That's a ~ at you], 3 सफलता, सफल प्रयत्न [I have seen the picture. It's a great ~], **to make a (big) ~**

(भारी) सफलता प्राप्त करना, सफल प्रयत्न करना; **lucky hit** (i) संयोगवश मिली वस्तु, संयोगवश हुआ आविष्कार, (ii) अवसरानुकूल बात, 4 (*hockey* etc) हिट

hitch¹ हिच *vt & i*, 1 झटके से हिलाना या हिलना, खिसकाना, खिसकना, 2 **to ~ up** झटके से उठाना या ऊंचा करना, [to ~ (up) one's trousers], 3 एक चीज को दूसरी में लगे कुंडे के साथ बांधना, जोड़ना, जोतना, बंधना, जुड़ना, जुतना [to ~ sth in, on to, sth], **to ~ one's wagon to a star** (see wagon),

hitch² *n* 1 झटका, धक्का, धचका, 2 रोक, रुकावट जरा सी अड़चन, तनिक बाधा या विघ्न, कठिनाई, मुश्किल [There's a ~ somewhere]; 3 **without a ~** बिना रुकावट के, निर्विघ्न (रूप से) [Everything went off without a ~]

hitchhike हिच्हाइक *vi & n* (चालक से पूछ कर उसकी) मोटर-गाड़ी में मुफ़्त यात्रा (करना)

hither हिदर *adv & a* इधर, इस ओर, **hither and thither** इधर-उधर; *a* इधर का, इस ओर का, उरला, (दो में से) निकटतर; **~to** *adv* अब तक, अद्यावधि

hive हाइव *n* 1 (also **beehive**) मधुमक्खियों का छत्ता, शहद का छत्ता, मधुमक्खी-पेटिका, 2 *fig* भीड़-भाड़ वाली जगह, 3 चलती-फिरती भीड़, भीड़-भाड़, भीड़-भड़का

hive² *vt & i* 1 मधुमक्खियों को छत्तों में रखना, (लोगों को) घर में आराम से ठहराना या टिकाना, 2 *vi* (मधुमक्खियों का) छत्ते में जाना या घुसना, (लोगों का मधुमक्खियों की तरह) एक जगह ठहरना या रहना, 3 **to ~ off (from)** से अलग हो जाना, अपनी अलग संस्था बना लेना; to ~ off work काम किसी विभाग या उपविभाग को सौंप देना

hives हाइव्ज *n pl* 1 फुंसी, पित्ती, 2 स्वरयन्त्रशोथ

ho हो *int* 1 आश्चर्य, प्रशंसा, विजय, घृणा आदि का द्योतक शब्द, वाह वाह! खूब! अरे! हैं! 2 (*naut*: added to name of destination) की ओर, **westward ho** पश्चिम की ओर, पश्चिम को

hoar हॉर *a & n* (of hair) सफ़ेद, (of person) श्वेतकेशी *n* **~(-frost)** पाला, कुहरा, तुषार, जमी हुई ओस

hoard हॉर्ड *n & vt* 1 राशि, ढेर, समूह, पुंज, संग्रह, ज़खीरा, भंडार, बहुत-सा माल, 2 निधि, कोश, खज़ाना; *vt* 1 संचित या एकत्र करना, संचय या संग्रह करना, अपसंचय करना, आवश्यकता से अधिक (माल, अनाज आदि) जमा कर रखना, दबा रखना, 2 धन जोड़ना [to ~ (money)], 3 **to ~ (up)** हृदय में (स्मृति आदि) संजोना, **~er** *n* 1 आवश्यकता या नियत मात्रा से अधिक अनाज या माल जमा करने वाला, जमाखोर, 2 धन जोड़ने वाला [~ (of money)]; **~ing** *n* जमाखोरी, अपसंचय

hoarding हॉर्डिङ्ग *n* (निर्माण या मरम्मत के समय इमारत के इर्द-गिर्द खड़ा किया गया) तख़्तों का टट्टर (जिसपर प्राय: इश्तहार चिपका दिये जाते हैं), विज्ञापन-फलक, विज्ञापन-पट

hoarse हॉर्स *a* 1 (of voice) फटे बांस जैसी, बेसुरी, भर्राई हुई, भारी कर्कश, 2 (of person) जिसकी आवाज भर्राई हुई हो, **to cry, shout, oneself ~** चिल्ला-चिल्ला कर गला बैठ जाना या आवाज का भर्राना, **~ly** *adv* भर्राई हुई आवाज में, **~ness** *n* भर्राहट, कर्कशता

hoary हॉरि *a* 1 (of hair) (बुढ़ापे से) सफ़ेद, धवल, धौला, 2 (of person) वयोवृद्ध, पूज्य, श्रद्धेय, 3 प्राचीन [the ~ ruins of Nalanda]; **of ~ antiquity** अति प्राचीन, पुराकालीन

hoax होक्स *n & vt* मजाक या शरारत के लिए दिया जाने वाला धोखा, मजाक, झांसा, बहकावा, चकमा, झाँसा-पट्टी, दम-बुत्ता, **to play a ~ on s.o.** किसी को झाँसा देना, चकमा देना, *vt* झाँसा देना, चकमा देना, बहकाना [**to ~ s.o. into doing sth**]

hobble¹ हॉबल *vi & t* 1 लंगड़ाना, **to ~ along** लंगड़ा कर चलना, 2 रुक-रुक कर (काम) करना, रुक-रुक कर बोलना, झिझकना, हिचकना, 3 (of verse) छन्द में यतिभंग होना, 4 *vt* (घोड़े आदि की) पिछली टांगें बांध देना जिससे कि भाग न सके, छांदना [to ~ a horse; to ~ his legs]

hobble² *n* 1 लंगड़ाना, लंगड़ाहट, लड़खड़ाती चाल, 2 विषम या विकट स्थिति, 3 पशु के पैर बांधने की रस्सी आदि, छांद

hobbledehoy हॉबल्-डिहॉइ *n* किशोरावस्था और जवानी के बीच का पुरुष, अल्हड़ नवयुवक; पट्ठा, **~hood** *n* अल्हड़पन, लड़कपन

hobby हॉबि *n* खाली समय बिताने के लिए मनभाता काम, दिल बहलाने के लिए किया जाने वाला काम, शग़ल

hobby-horse हॉबि-हॉर्स *n* 1 (बच्चों का) काठ का झूलना घोड़ा; 2 छड़ी का घोड़ा; 3 प्रिय या मन-भाता विषय (जिसकी कोई बार-बार चर्चा करे); Now he has started on his ~ उसने अपना मनभाता विषय छेड़ दिया है

hobgoblin हॉब्-गॉब्लिन *n* पिशाच, भूत, प्रेत, हौआ

hobnail हॉब्नेल *n* (बूट के तले में जड़ने की) मोटे सिरे की कील, गुलमेख

hobnailed *a* 1 कीलों से जड़ा हुआ; 2 **~ liver** (रोग विशेष के कारण) गांठदार यकृत्

hobnob हॉब्नॉब *vi* (-bb-), **to ~ with s.o.** किसी के साथ शराब पीना; घुल-घुल कर बातें करना, घनिष्टता का व्यवहार करना, सांठ-गांठ करना

Hobson's choice *n* स्वेच्छा से चुनने की छूट न होना, विकल्प का अभाव (अर्थात् जो दिया जाये वही लेना पड़े, अन्यथा कुछ भी न मिले)

hockey हॉकि *n* हाकी (का खेल)

hocus होकस *vt* (-ss-) 1 ठगना, धोखा देना

झांसा देना, 2 नशा पिला कर बेहोश करना, 3 (पेय या शराब में) नशीली या ज़हरीली चीज मिला देना

hocus-pocus होकस्-पोकस *n* & *vi* & *t* 1 (-ss-) मदारी का खेल, इन्द्रजाल, धोखा, ढकोसला, छल, कपट, प्रतारणा, प्रवंचना, 2 जादू का मन्त्र; *vi* & *t* 1 मदारी का खेल करना 2 (किसी को)ठगना, धोखा देना, झांसा देना, चकमा देना

hod हॉड *n* गारा ढोने का टब, (चूल्हे में जलाने के लिए) कोयला रखने का तसला; **hodman** *n* 1 गारा ढोने वाला मज़दूर, कुली 2 *fig* भाड़े का लेखक

hodge-podge हॉज-पॉज *n* =hotch-potch

hoe हो *n* & *vt* & *i* (hoeing) कुदाल, कुदाली, फावड़ा, बेलचा, *vt* & *i* कुदाली से खोदना, गोड़ना, गोड़ाई करना [to ~ up weeds]

hog^1 हॉग *n* 1 सूअर (वि॰ गोश्त के लिए पाला गया खस्सी सूअर,) **to go the whole hog** अच्छी तरह सारा काम करना, काम पूरा कर के छोड़ना, 2 गन्दा या असभ्य आदमी, उजड्ड, खाऊ, 3 **hog's back, hog-back** पहाड़ की चोटी पर की सँकरी सड़क, दोनों तरफ़ ढलान वाली पहाड़ी, **~-wash** (*fig*) निकम्मी या बेकार चीज़; घटिया लेख, कूड़ा, **~gish** *a* 1 खाऊ, पेटू; 2 अशिष्ट, गन्दा; 3 स्वार्थी, लालची

hog^2 *vt* & *i* (पीठ)ऊंची करना, मेहराब की तरह बीच में उठना; **~ged** *a* बीच में ऊंचा या उठा हुआ

hogshead हॉग्ज़्हेड *n* बड़ा पीपा, ढोल

hoick *vt* (*sl*) झटके से उठाना या निकलना

hoi polloi हॉइपॉलॉइ *n* जनसाधारण, जनता

hoist हॉइस्ट *n* **to be hoist with one's own petard** अपने बम से स्वयं घायल होना, दूसरों के लिए खोदे गड्ढे में स्वयं गिरना, अपनी चालों से स्वयं मरना

hoist^2 *vt* & *n* (झंडा आदि) फहराना, (चरखी आदि यन्त्र से)ऊंचा करना, उठाना *n* 1 (ध्वजा आदि का) आरोहण, फहराना, 2 (माल को) ऊंचा उठाने की चरखी आदि यन्त्र, लिफ़्ट

hoity-toity हॉइटि-टॉइटि *n* & *a* ऊधम, शरारत, उपद्रव, *a* 1 ऊधमी, नटखट, चुलबुला, 2 घमंडी, अपने आपको बहुत समझने वाला; चिड़चिड़ा

hokey-pokey होकि-पोकि *n* 1 (*colloq*) = hocus-pocus, 2 सस्ती आइस-क्रीम या मलाई-बरफ़

hold होल्ड *vt* & *i* (held), I *vt* 1 पकड़ना, to ~ sth tight किसी चीज को मज़बूती से पकड़ना, 2 रखना, पकड़ रखना, थामना, रोके रहना, रहना, to ~ sth in position किसी चीज़ को पकड़ रखना या थामना, **to ~ s.o. prisoner** किसी को कैदी या बन्दी बनाये रखना, कैद या हिरासत में रखना, **to ~ one's head high** आत्मविश्वास और अभिमान से सिर ऊंचा रखना, to ~ oneself ready *or* in readiness तैयार रहना; 3 स्वामित्व या कब्ज़ा या अधिकार होना, पास होना, [He ~s a big farm. He ~s a large stock of foodgrains], to ~ a post पद पर होना, 4 (उत्सव आदि) मनाना, रचाना, आयोजन करना [to ~ a festival, a charity show, to ~ an examination], बैठक या अधिवेशन करना [to ~ a meeting, session, etc], to ~ deliberations, a conversation, etc विचार-विमर्श, बातचीत आदि करना; 5 रोकना, बाज़ रखना, **There is no ~ing him** वह बड़े जोश में है, कृतसंकल्प है, उसे रोका नहीं जा सकता; **to ~ one's breath** आश्चर्य या भय के मारे सांस रोक लेना, to ~ the enemy शत्रु को रोके रहना, आगे न बढ़ने देना, *sport* रोकना [Hold it; Hold everything]; **to hold one's tongue** चुप करना, चुप रहना, ज़बान या मुंह में लगाम देना; 6 मानना, समझना, ठहरना, ख़याल करना, गिनना to ~ s.o. guilty किसी को दोषी ठहराना; **to** ~ s.o. responsible किसी को ज़िम्मेदार ठहराना, to **hold an opinion**; **to hold that...** राय या मत या विचार होना, to ~ s.o. in contempt (see contempt), **to ~ s.o. in honour, in esteem** किसी का सम्मान करना, to ~ sth cheap किसी चीज़ को मामूली या तुच्छ समझना, 7 (of vessel) (किसी चीज़ को अपने अन्दर) धारण करना, गुंजाइश होना, (चीज़ का पात्र में) आना, समाना [a bottle that can ~ two litres of milk], 8 (*telephony*) **Hold the line** टेलिफ़ोन न छोड़िये, II *vi* 1 स्थिर रहना, बना रहना, न टूटना, अविच्छिन्न रहना 2, **to hold good** *or* **true** सत्य होना, वैध होना; लागू होना, बना रहना [My promise still ~s good]; 3 **to hold to** (a belief, choice, purpose, etc) (विश्वास, उद्देश्य आदि पर) जमे रहना, दृढ़ रहना, III (*with prepp*) to ~ **back** *vt* (i) (किसी को) रोकना, मना करना, हटाना, (ii) (कोई बात) छिपाना, *vi* झिझकना, पीछे रहना; to ~ **forth** (i) पेश करना, (ii) भाषण झाड़ना, to ~ **off** परे रहना, बचना, बाज़ रहना; to ~ **on** (i) किसी चीज़ को पकड़े रहना, न छोड़ना, (ii) डटे रहना, जारी रखना; to ~ **out** (i) पेश करना, प्रस्तुत करना, [I cannot ~ out to you any hope of a pay-rise], (ii) न हारना, डटे रहना, (iii) सहना, सहारना, to ~ **over** स्थगित करना, मुल्तवी करना, to ~ **to** जमे रहना [I ~ to my earlier statement]; **to ~ together** (*vt* & *i*) इकट्ठा या संयुक्त या संगठित रखना, संयुक्त या संगठित रहना, बना रहना, न टूटना, This chair will not ~ together कुर्सी टूट जायेगी; to **~up** (*vt*) (i) ऊंचा उठाना, सहारा देना, (ii) रोकना, रास्ते में रोक कर लूट लेना [to ~ up a train etc]; **to ~ with sth** ठीक समझना, का अनुमोदन करना;

IV *phrr*: **to ~ one's ground, to hold one's own** अपनी बात या दलील पर जमे रहना, न हारना, अपनी जगह पर डटे रहना; **to hold one's peace (= to hold one's tongue)** चुप होना या रहना; शान्त होना, to ~ s.o. in check किसी पर नियन्त्रण रखना, किसी को रोकना, **to ~ s.o. up to ridicule** किसी का मज़ाक उड़ाना, **to hold water** (of theory etc) सत्य होना, सत्य सिद्ध या प्रमाणित होना, ठीक होना; V *comb*: **hold-all** *n* विस्तरबन्द, **holdfast** जोड़ने की कील, शिकंजा, पकड़-पट्टी, **hold-up** (i) राहगीर को रोक कर लूट लेना, बटमारी, डकैती, (ii) **traffic hold-up** यातायात-अवरोध, यातायात का रुक जाना

hold^2 *n* 1 पकड़, गिरफ़्त, ग्रहण, धारण, **to get, take, ~ of** s.o., sth किसी (चीज़) को पकड़ना, पाना, प्राप्त करना; to keep ~ of पकड़े रहना, न छोड़ना, **to let go** *or* **lose (one's) ~ of** sth हाथ से जाने देना, छोड़ देना, 2 अवलम्ब, सहारा टेक [foot-~, (see foot^1, 13)], 3 बस, काबू, प्रभुत्व, प्रभाव, दबदबा, अधिकार, इख़्तियार, **I have** no ~ over him वह मेरे काबू में नहीं है

hold^3 *n* जहाज़ का पेटा, (डेक के नीचे) माल रखने का कमरा

holding होल्डिङ्ग *n* & *a* खेती की ज़मीन, पट्टे की ज़मीन, जोत, *a*. **holding company** दूसरी कंपनियों के शेयर ख़रीदने के लिए बनाई गई कंपनी, शेयरधारी कंपनी, नियन्त्रक कंपनी

hole^1 होल *n* 1 छिद्र, छेद, सूराख़, रन्ध्र; 2 (in tree), कोटर,(in earth) बिल, मांद, खोह, गुफा, 3 (गाल्फ़ आदि खेलों में) गेंद डालने का गड्ढा, 4 छोटा और मामली घर, कोठरी, झोंपड़ी, 5 *colloq* विकट स्थिति, उलझन, परेशानी [to be *or* find oneself, to put s.o., in a ~], 6 (*phrr*) **to pick ~s** in sth छिन्द्रान्वेषण करना, त्रुटि या दोष निकालना, नुक्ताचीनी करना; **to make a ~ in** sth किसी चीज़ (धन-संपत्ति आदि) का बहुत सा भाग उड़ा लेना [The doctor's bills made a large ~ in his savings]; **a round** (*or* **square**) **peg in a square** (*or* **round**) **hole** पद के लिए अनुपयुक्त व्यक्ति; **hole-and-corner** (*attrib*) गुप्त, लुक-छिप कर किया जाने वाला, रहस्यमय, रहस्यपूर्ण [I did't like these ~-and-corner methods]

hole^3 *vt* & *i* 1 छिद्र या सूराख़ करना, *vi* छिद्र हो जाना, 2 *mining* सुरंग बनाना, 3 *golf* (गेन्द को) गड्ढे में डालना

holiday हॉलि-डे *n*, *vi* 1 छुट्टी (का दिन), अवकाश, 2 (धार्मिक) पर्व, त्योहार; **national ~** राष्ट्रीय, पर्व, 3 **to take a ~, to make ~** छुट्टी करना काम से अवकाश लेना, काम न करना, 4 **to be on ~** छुट्टी पर होना, छुट्टी (छुट्टियाँ) मनाना, **~ home** छुट्टी के दिनों में ठहरने की जगह, अवकाशगृह, *vi* छुट्टी मनाना [is ~ing in Kashmir]

hollly होलि-लि *adv* पवित्र विधि से

holiness होलि-निस *n* 1 पवित्रता, पावनता, 2 सन्त, महात्मा, **His H~** पोप की उपाधि, सन्त महात्माओं की उपाधि, परम पावन

Holland हालन्ड *n* 1 नैदरलैंड (का उत्तरी प्रान्त) हालैन्ड, 2 लिनन का कपड़ा

hollo हॉलो *int* ध्यानाकर्षण के लिए आवाज़, अजी!

hollow^1 हॉलो *a*, *adv* & *n* 1 अन्दर से खाली, खोखला, पोला, छिद्रयुक्त, to feel ~ भूखा होना; (of cheeks) पिचका हुआ, 2 *fig* झूठा, दिखावटी, मिथ्या [~ friendship, promise, compliment, etc]; *adv* **to beat** s.o. **hollow** पूरी तरह पराजित करना, चारों खाने चित करना (also see beat^1,3) *n* 1 ख़ाली या खोखली जगह, बिल, खोह, 2 गड्ढा, (गोलाकार) घाटी

hollow^2 *vt* to ~ (**out**) खोखला करना

hollowness *n* 1 खोखली जगह, छिद्र, विवर, गड्ढा, 2 खोखलापन, दिखावटीपन, असत्यता, ढोंग [~ of friendship, promise, etc]

holly हॉलि *n* कंटीले पत्तों वाली सदाबहार झाड़ी जिसपर हरे फूल और छोटे-छोटे लाल फल लगते हैं, शूलपर्णी

hollyhock हॉलि-हॉक *n* अनेक रंगों के बड़े-बड़े फूलों वाला ऊंचा पौधा, गुलखैरा

Hollywood हॉलिवुड *n* हालिवुड (कैलिफ़ोर्निया) में बनने वाले चलचित्र या उसी ढंग के अन्य अमरीकी चलचित्र; अमरीकी चल-चित्र उद्योग का केन्द्र

holm होम *n* नदी में या समुद्रतट के निकट स्थित टापू, उपद्वीप, नदी-तट के पास की समतल भूमि जो बाढ़ आने पर डूब जाती है, कछार

holocaust हॉल-कॉस्ट *n* 1 पूर्णाहुति, विश्वबलि, 2 बड़े पैमाने पर तबाही, अग्निकाण्ड, *fig* जनसंहार, घोर हत्याकांड, a nuclear ~ परमाणु बम द्वारा महा नरसंहार

holster होल्स्टर *n* पिस्तौल (रखने के लिए चमड़े) का ख़ोल, म्यान

holt होल्ट *n* (*poet*) 1 झाड़ियों और छोटे-छोटे पेड़ों का जंगल, झाड़-झंखाड़, 2 पेड़-पौधों से ढकी पहाड़ी

holy होलि *a* & *n* पवित्र, पावन, पूत, पुण्य, अभिमंत्रित, **~ water** पवित्र जल, (पुरोहित या पादरी द्वारा) अभिमंत्रित जल, **~ place** तीर्थ, तीर्थ स्थान; यहूदी मन्दिर; **~day** धार्मिक पर्व, **Holy City** यरूशलम, मक्का, बनारस आदि, **Holy Family** (see family), **Holy Ghost** (see ghost), **Holy Land** पश्चिमी फ़िलस्तीन (वि॰ जूडिया); **holy war** जिहाद, धर्मयुद्ध, *n* **the Holy of Holles** (यहूदियों के) मन्दिर का अन्तस्तम भाग, मन्दिरगर्भ

holystone होलिस्टोन *n* & *vt* 1 *naut* (जहाज़ के डेक को रगड़ कर साफ़ करने का) नरम बलुआ पत्थर; 2 *vt* रगड़कर साफ़ करना और चमकाना

homage हों मिज *n* 1 किसी के प्रति निष्ठा या वफ़ादारी, किसी की अधीनता स्वीकार करना; 2 सम्मान की भावना, श्रद्धांजलि, **to pay** *or* **do homage to** s.o. (*or* s.o.'s qualities) किसी को श्रद्धांजलि अर्पित करना, किसी के प्रति निष्ठा या श्रद्धा या भक्ति-भावना व्यक्त करना; किसी के गुणों की प्रशंसा करना

home^{1} होम *n* & *adv* & *a* 1 घर, गृह, निवास, डेरा, ठिकाना, 2 देश, स्वदेश, अपनी धरती, मातृभूमि, वतन, 3 (निर्धन, अनाथ, वृद्ध आदि के लिए) ठिकाना, आश्रम, ~ for the destitute अनाथ-आश्रम, अनाथालय, 4 *phrr:* **at home** घर पर, स्वदेश में, **an at-home** अपने निवास पर आयोजित भोज, गृहभोज, **to be 'not at home' to** anyone किसी से मिलने को तैयार न होना, किसी को अन्दर न आने देना **to be, feel, at** ~ घर जैसा आराम होना; **Make yourself at** ~ इसे अपना घर समझिए; किसी बात का संकोच न कीजिए, **to be at home in a subject** किसी विषय में प्रवीण होना, विषय का अच्छा जानकार होना; *adv* 1 घर पर, घर की ओर, **to be** ~ घर या स्वदेश लौट आना, 2 **to go** ~ (i) निशाने पर लगना [The bullet etc went ~], (ii) *fig* मन पर असर करना, लगना, चुभना, The reproach went ~ भर्त्सना के शब्द उसे लग गये; **3 to bring sth** ~ **to** s.o. समझाना, दिल में बिठाना, कायल करना, अवगत कराना (also see bring I, 5); to bring a charge home to s.o. किसी का अपराध सिद्ध करना, जुर्म साबित करना, *a* घर का, घरेलू, स्वदेश का, देश के भीतर का, अन्दरूनी, देसी; **Home-Guard** नगर सैनिक, होम-गार्ड, **~land** स्वदेश, **~-made** घर का बना हुआ, स्वदेश निर्मित, देसी, **H~ Ministry** गृहमंत्रालय, **~ rule** स्वशासन, स्वराज्य, **homesick** (घर से दूर होने के कारण) उदास, जिसे घर की याद सताती हो, घर जाने के लिए अधीर; ~ thrust (i) मार्मिक चोट (ii) *fig* दिल को लगने वाली बात, लगती बात, ~ **trade** आन्तरिक व्यापार, अन्तर्देशीय व्यापार, ~ **truth** सच्ची बात जो शायद चुभे भी, मार्मिक सत्य, **~work** घर पर करने का काम; **~less** *a* बेघर-बार, जिसका ठौर-ठिकाना न हो; **~like** *a* अपने घर जैसा

home^{2} *vi* & *t* 1 (वि० पालतू कबूतरों का) घर लौटना, 2 *vt* किसी को रहने के लिए घर बना देना, बैठाना; घर भेजना

homely होम्‌लि 1 (of food) सादा, साधारण, मामूली; 2 आडम्बर-रहित, जिसमें दिखावा न हो, सीधा-सादा, 3 (of person, feature) सौंदर्य-रहित, साधारण

Homeric हो-में रिक *a* ग्रीक महाकवि होमर (की शैली) का

homespun *a* & *n* घर में कते सूत का बुना हुआ (कपड़ा), सादा या मामूली चीज़

homestead होम्-स्टे ड *n* 1 कोठी या हवेली (जिसके अहाते में अलग मकान भी बने हों); आवास, 2 बड़ा खेत, फ़ार्म

homeward होम्-वर्ड *a* & *adv* घर या स्वदेश लौटने वाला, *adv* घर या स्वदेश को (...की ओर), **homeward-bound** स्वदेश लौटने वाला (जहाज़)

homewards *adv* घर या स्वदेश की ओर

homicidal हों मि साइडल *a* मानव-हत्या का

homicide हों मि-साइड 1 मानव-हत्या, मानव-वध, 2 मानव-हत्या करने वाला, हत्यारा

homiletic हों मिले टिक *a* & *n* प्रवचन का; **~s** *n* प्रवचन-कला

homily हों मिलि *n* (सत्संग में) उपदेश, प्रवचन; उबा देने वाला प्रवचन या व्याख्यान, **to read s.o. a** ~ किसी को उपदेश करना

homing होमिङ्ग *a* (f. home^{2}) घर लौटने के लिए सधाया हुआ (कबूतर)

homo होमो *n* (*zool*) मनुष्य, मानव, **the genus** ~ मानव जाति, **homo sapiens** मनन करने वाला प्राणी, आधुनिक मानव

homocentric *a* एक-केन्द्रिक, समकेन्द्रिक

homoeopath होमिअ-पैथ *n* होमियोपैथी से चिकित्सा करने वाला डाक्टर; होमियोपैथ, **~ic** *a* होमियोपैथी का

homoeopathy होमि-ओं पथि *n* हानमान (Hahnemann, German Physician 1755-1843) द्वारा आविष्कृत चिकित्सा-पद्धति, होमियोपैथी

homogeneity हों मजिनीइटि *n* 1 सजातीयता, समजातीयता, 2 समांगता, समरूपता

homogeneous हों मजीनिअस *a* 1 सजातीय, समजातीय, समान जाति या प्रकृति का, उसी तरह का, एक-सा, 2 जिसके सब अंश एक-जैसे हों, समांग, समरूप एक रूप, एकरस, एक-सार (opp heterogeneous); **~ness** *n* homogeneity

homologate हमों ल-गेट *vt* 1 मानना, स्वीकार करना, 2 (किसी बात की) पुष्टि करना; **homologation** *n* 1 स्वीकृति, 2 पुष्टि

homologize हमों ल-जाइज़ *vi* & *t* समान या सदृश होना या बनाना, सधर्मी होना या बनाना, अनुरूप या तद्रूप होना या बनाना

homologous हमों ल-गस *a* समान, तुल्य, सदृश, सधर्मी, समानधर्मा, अनुरूप, संवादी

homologue हों म-लों ग *n* समान या तुल्य या सदृश वस्तु, सधर्मी वस्तु, संवादी वस्तु

homology हमों ल-जि *n* समान संबंध होना, संबंध की समानता, साधर्म्य, सजातीयता, सादृश्य, अनुरूपता, संवाद, संवादिता

homonym हों म-निम *n* 1 शब्द जिसका रूप बिल्कुल दूसरे जैसा हो परन्तु अर्थ भिन्न हो, समनाम शब्द (*e.g.* pole खम्भा; pole ध्रुव), 2 (दूसरे व्यक्ति के) समान नाम वाला व्यक्ति, सम-नाम

व्यक्ति; ~**ic** .हो॑म-निमिक, ~**ous** हो॑मनिमस *aa* 1 समान रूप या समान ध्वनि (किन्तु भिन्न अर्थ) वाला (*e.g.* tale and tail), 2 समनाम

homosexual होम-सें॑क्शुअल & *n* समलिङ्ग का, समलिङ्गविषयक, समलिङ्गकामी, *n* समलिङ्गकामी व्यक्ति; (of man) पुरुषकामी, (of woman) स्त्रीकामिनी; ~**ity** *n* समलिङ्गमैथुन, समलिङ्ग-कामुकता, समलिङ्गरति

homuncule होमन्क्यूल,**-culus**,-क्यूलस *nn* छोटे कद का आदमी, बौना, वामन

hone होन *n* & *vt* 1 हथियार (वि० उस्तरे) की धार तेज़ करने का पत्थर, सान, सिल्ली, 2 अनेक प्रकार के पत्थर जिन से सिल्ली बनाते हैं; *vt* (सान पर) धार तेज़ करना, सान देना या करना

honest ऑ॑निस्ट *a* 1 (of person) ईमानदार, सच्चा, खरा, बेलाग, निष्कपट, (of judge) निष्पक्ष, 2 सत्य, ठीक-ठीक, सच्चा, दिली,This is my ~ opinion यह मेरी सच्ची राय है, 3 ईमानदारी का, न्याय, वैध [~ means], **to turn an ~ penny** ईमानदारी से धन कमाना, 4 (of things) शुद्ध, ख़ालिस, बिना मिलावट, ~**ly** *adv* ईमानदारी से, निष्पक्षता से, सच्चे दिल से; honestly speaking सच बात तो-यह है कि

honesty ऑ॑निस्टि *n* 1 ईमानदारी, खरापन, सच्चाई, सत्यनिष्ठा, नेकनीयती, निष्कपटता, निष्पक्षता, 2 *bot* बैंगनी या सफ़ेद फूलों वाला पौधा-विशेष

honey हनि *n* 1 मधु, शहद 2 *fig* माधुर्य, मधुरिमा, मिठास, 3 प्रिय, प्रियतम, प्रेयसी, प्यारी, 4 *comb*: ~**-bee** मधुमक्षिका, मधुमक्खी, **honey-dew** (i) एक प्रकार के कीड़ों के शरीर से निकलने वाला मधुर रस जो पेड़ों के पत्तों और टहनियों पर पाया जाता है, मधुरस, (ii) अति मधुर पदार्थ, (iii) शीरा मिला(मीठा) तंबाकू; ~**suckle** पीले तथा गुलाबी फूलों वाली लता-विशेष, मधुमालती लता, honey-sweet मधु की भांति मधुर

honeycomb हनिकोम *n* & *vt* 1 (मधुमक्खियों का) छत्ता, 2 (धातु, वि० तोप में) छत्ते जैसे सूराख़, 3 षट्कोणीय खानों से की गई सजावट, सजावट का षट्कोणीय नमूना; *vt* 1 (वस्तु में) अनेक छिद्र बना देना, खोखला करना, छलनी करना, 2 जड़ खोदना, हानि या क्षति पहुंचाना, बरबाद करना [The army was ~ed with disaffection], 3 षट्कोणीय नमूना बनाना, षट्कोणीय नमूने से सजाना

honeyed *a* मधुर, मीठा [~ words]

honeymoon हनिमून *n* & *vi* विवाह के बाद के वे दिन जो (वि० पाश्चात्य) वर-वधू छुट्टी ले कर एक साथ बिताते हैं, (नव दम्पती के) मधु दिवस, मधुमास; ~ trip (नव दम्पति की)मधु यात्रा, *vi* मधु दिवस बिताना, आनन्द-विहार करना

honk हों॑ङ्क *n* & *vi* & *t* (of car) भोंपू (बजना या बजाना), (of goose) कां-कां (करना)

honorarium ऑ॑न-रें॑अरिअम *n* (*pl* ~**s**, **-ia**) व्यावसायिक काम के लिए सम्मानार्थ दिया गया धन,दक्षिणा, पत्र-पुष्प, मानदेय

honorary ऑन-ररि *a* 1 सम्मानार्थ[~ degree], 2 अवैतनिक, मानसेवी [~ job, ~ secretary]

honorific ऑन-रिफ़िक *a* & *n* सम्मानसूचक(शब्द, उपाधि), सम्मानार्थक

honoris causa L ऑ॑नॉरिस काउज़: *adv* सम्मानार्थ

honour^{1} ऑ॑नर *n* 1 सम्मान, आदर, [to hold s.o. in (great) honour], 2 गौरव, प्रतिष्ठा, यश, नेकनामी, to consider it an ~ to do sth कोई काम करने में अपना गौरव समझना; 3(of person) गौरव का कारण, **to be an ~ to one's country** etc अपने देश के गौरव का कारण होना, अपने देश की प्रतिष्ठा बढ़ाना, 4 (of woman) सतीत्व, मान, लाज इज़्ज़त, आबरू, 5 (in *pl*) (i) आतिथ्य आदर-सत्कार, आवभगत [to receive s.o. with full ~s], (ii) **last, funeral,** ~s सम्मानपूर्वक अन्त्येष्टि; **military** ~s (अन्त्येष्टि के समय दिया जाने वाला) सैनिक सम्मान, 6 (in *univv*, in *pl*) स्नातक परीक्षा के लिए किसी विषय का विशिष्ट पाठ्यक्रम; **honours degree** स्नातक की विशिष्ट उपाधि, प्रवीणता की उपाधि, 7 *Phrr*: **in ~ of** the day दिन मनाने के लिये, दिन के उपलक्ष में, in ~ of s.o. किसी के सम्मान में, **to be in ~ bound to do sth** कोई काम करने के लिए वचनबद्ध होना, **to be on one's ~ to do sth** कोई काम करना (अपना) नैतिक कर्तव्य होना; **code** *or* **law of** ~ सदाचार के नियम, मर्यादा, लोक-मर्यादा, **word of** ~ पक्का वायदा, प्रतिज्ञा, 8 (*of judge, dignitary, etc*) Your H~, His H~ मान्यवर, महाराज, महोदय, महानुभाव, जनाब

honour^{2} *vt* 1 बहुत आदर या सम्मान करना, सम्मानित करना, गौरवान्वित करना, गौरव प्रदान करना, 2 पदवी या उपाधि प्रदान करना, 3 (हुंडी, चेक आदि) सकारना, भुगतान करना, 4 मानना, पूरा करना [to ~ one's signature, word, etc]

hooch हूच *n* (*colloq*) (अल्कोहल-मिली) शराब

hood हुड *n* & *vt* 1 सिर और गर्दन ढकने के लिए टोपी(जो चोग़े के साथ जुड़ी रहती है और अलग भी होती है), हुड, 2 बाज़ के लिए चमड़े की टोपी, 3 (सांप का) फन, फण, 4 (गाड़ी का) टप, हुड,5 (in *univv*) गाउन के ऊपर पहनने का उपाधिसूचक वस्त्र,*vt* हुड से ढकना; ~**ed** *a* 1 हुड या टोपी पहने हुए, 2 छज्जेदार 3 फनदार

hoodlum हूड्लम *n* उपद्रवी, दंगई, गुंडा

hoodwink हुड्विङ्क *vt* 1 धोखा देना, चकमा देना, बहकाना, आंखों में धूल झोंकना, 2 आंखों पर पट्टी बांधना

hoof^{1} हूफ़ *n* (*pl* **-fs, -ves**) 1 घोड़े आदि के पैर का सींग-जैसा कड़ा आवरण, खुर, सुम, शफ़, 2 *joc* मनुष्य का पैर

hoof^{2} *vt* & *i* 1 खुर मारना, 2 (*sl*) to ~ s.o. out किसी को लातें मार कर निकाल देना, 3 *vi* पैदल जाना; नाचना

hook^{1} हुक *n* 1 कोई चीज टांगने या फंसाने के लिए लोहे आदि की मुड़ी हुई कील, काँटा, अँकुड़ा, अँकुड़ी [clothes-~], अंकुश, 2 (मछली पकड़ने का) कांटा, अँकुड़ी, (*fig*) ~, **line and sinker** पूर्णतया, 3 *fig* फंदा, जाल, 4 दरांती, हँसिया, 5 (नदी आदि का) नुकीला मोड़, 6 आगे को बढ़ा हुआ नुकीला भूभाग (वि॰ Hook of Holland), 7 **by hook or by crook** उचित या अनुचित ढंग से, वैध या अवैध प्रकार से, किसी न किसी तरह, येन केन प्रकारेण, 8 **to drop off the** ~s (*sl*) मर जाना, 9 ~ **nose(d)** तोते की नाक वाला, शुकनास, **hook-up** (i) (*engin*) संलग्नी, (ii) (*broadcasting*) एक ही प्रोग्राम प्रसारित करने वाले सभी केन्द्र; on the national hook-up देश के सभी केन्द्रों पर

hook^{2} *vt* & *i* (अंकुड़ी आदि से) पकड़ना, **to be ~ed on** (*sl*) आदत या लत पड़ना, निश्चय कर लेना, **पर मोहित होना**

hooked हुक्ड *a* 1 मुड़ा हुआ, टेढ़ा, 2 अंकुड़ेदार

hooker हुकर *n* पाल वाला छोटा जहाज़ (वि॰ हालैण्ड और आयर् लैण्ड का)

hooligan हूलिगन *n* गुंडा; ~**ism** *n* गुंडापन, गुंडागर्दी, गुंडई

hoop^{1} हूप *n* & *vt* 1 (लकड़ी के पीपे या ढोल के इर्द-गिर्द लगने वाली) लोहे की पत्ती, 2 लकड़ी, लोहे आदि का चक्कर (जिसे बच्चे लुढ़काते रहते हैं), 3 औरत के पेटीकोट को फुलाने के लिए लचीला चक्कर, *vt* गोलाकार पत्ती से बांधना, घेरना

hoop^{2} *vi* & *n* (also whoop) खों-खों करना, ~ing **cough** काली खांसी; *n* खों-खों

hoopoe हूपू *n* दक्षिण यूरोप का कलगीदार पक्षी-विशेष, हुदहुद

hoot हूट *vi* & *t* 1 चिल्लाना (वि॰ असहमति या नाराज़गी व्यक्त करने के लिए), छी-छी करना, सीटी बजाना [to ~ **at, after**. s.o.], *vt* चिल्ला-चिल्ला कर (वक्ता को) चुप करा देना [to ~ s.o. **down**]; to ~ s.o. **away** चिल्ला-चिल्ला कर भगा देना, 2 *vi* (of owl) बोलना, घुघुआना, 3 (of car or driver) भोंपू देना या बजाना, (of siren) भोंपू बजना

hoot^{2} *n* 1 (असहमति, नाराज़गी, तिरस्कार, उपहास आदि की सूचक) चिल्लाहट, छी-छी, 2 उल्लू की आवाज़, 3 **not to care a hoot** (*or* **two hoots**) रत्ती भर परवाह न करना; **not worth a hoot** (*or* **two hoots**) कौड़ी का (दो कौड़ी का) नहीं

hooter हूटर *n* भोंपू (वि॰ काम के शुरू होने या बन्द होने का सूचक)

hoove हूव *n* (पशुओं का) उदर-शोथ, अफराव

hop^{1} हॉप *n* 1 पेड़ों आदि पर चढ़ने वाली सदाबहार लता-विशेष, 2 (in *pl*) **hops** इस लता के शुंडाकार फल (जो बियर में कड़वाहट पैदा करने के काम आते हैं)

hop^{2} *vi* & *t* (-pp-) 1 (of person) एक टांग से कूदना या उछलना, (of animals) (सभी पांव एक साथ उठा कर) उछलना, (of sparrow) फुदकना, to ~ **away** उछलते-कूदते चले जाना, फुदकते हुए उड़ जाना, to ~ **off** (i) चंपत हो जाना, (ii) (of aeroplane) चल पड़ना, 2 *vt* (छलांग मार के) लांघना, टपना, फांदना [to ~ an obstacle], 3 **hop-o'-my-thumb** बौना, वामन

hop^{3} *n* 1 उछल-कूद, कुदान, फुदकन, छलांग, फलांग, **on the hop** (*colloq*) दौड़-धूप में लगा हुआ, 2 *colloq* नृत्य, नाच, 3 (*flying*) लंबी विमान यात्रा का एक पड़ाव या चरण; flight in five ~s विमान-यात्रा जिसमें पांच जगह रुकना पड़े, पांच चरणों की यात्रा 4 **hop, step & jump** व्यायाम-विशेष जिसमें पहले उछल कर फिर एक कदम लेकर लंबी छलांग लगाई जाती है

hope^{1} होप *n* 1 आशा, विचार एवं कामना, अपेक्षा, आकांक्षा, उम्मीद [hope of sth, **of** doing sth; ~ that] **to hold out some** ~ (**of sth**) किसी बात की कुछ आशा दिलाना, **in the** ~ **of doing sth** कुछ करने की आशा से, 2 विश्वास, भरोसा, 3 व्यक्ति या वस्तु जिस पर आशा आधारित हो, आसरा, सहारा [He is the ~ of the family], 4 संभावना, **hoping against hope** संभावना न होने पर भी आशा करना, संभावना से चिपके रहना

hope^{2} *vi* 1 आशा या उम्मीद करना या रखना [to ~ **for** sth], उम्मीद बांधना, 2 ख़्याल होना, कामना करना, 3 भरोसा करना, विश्वास रखना

hopeful *a* & *n* 1 जिसे आशा हो, आशा रखने वाला, आशावान्, आशाजनक [The situation, the future, is ~]; *n* होनहार व्यक्ति, **a** young ~ होनहार लड़का या लड़की, a ~ pupil होनहार छात्र, ~**ly** *adv* आशा है कि

hopeless *a* 1 निराश, हताश, 2 निराशाजनक, बुरा, ख़राब, बिगड़ा हुआ [~ case], 3 असाध्य, लाइलाज [~ disease], 4 व्यर्थ, बेकार [~ job]

hopper हॉपर *n* 1 फुदकने वाला, 2 फुदकने वाला कीड़ा (वि॰ पिस्सू), 3 आटा पीसने की मशीन में उल्टी कीप-जैसा भाग जिसमें अनाज डाला जाता है, धानकीप, 4 अन्य मशीनों में उल्टी कीप जैसा पुर्जा, 5 (ड्रेज-मशीन द्वारा नदी आदि से निकाला कीचड़ ढो कर अन्यत्र फेंक आने वाला) बजरा

hopple हॉपल *vt* & *n* (घोड़े आदि की) टांगें बांधना, छांदना, पैकड़ा लगाना, *n* छँदान, पैकड़ा

horary हॉररि *a* 1 हर घंटे में होने वाला, 2 घंटे भर का, 3 घंटों का, घंटासूचक

horde हॉर्ड *n* 1 तातारी या अन्य कबीले का दल या जत्था, लशकर, फ़ौज, 2 (usu *derog*) झुंड, टोली,

गुट, गिरोह [a ~ of school children]

horizon हराइज़न *n* 1 वह रेखा जहां पृथ्वी और आकाश मिलते जान पड़ते हैं, क्षितिज, दिगन्त; जहां तक दृष्टि जा सके, दृष्टि-सीमा, 2 *fig* (समझ, बुद्धि, ज्ञान, अनभव, रुचि आदि का समस्त) क्षेत्र, विस्तार, सीमा, a man of vast (limited) mental ~ आदमी जिसका ज्ञान, अनुभव आदि विस्तृत (सीमित) हो

horizontal हॉरिज़ॉन्टल *a* 1 क्षितिज का, क्षितिज पर स्थित, क्षैतिज, 2 क्षितिज के समानान्तर, अनुप्रस्थ, आड़ा, ~ line पड़ी रेखा, आड़ी रेखा, 3 चौरस, समतल [~ plane], समस्तर, समस्तरी, 4 (*n pl*) **horizontals** व्यायाम करने के दो समानान्तर डंडे, **~ity** हॉरिज़न्टैलिटि *n* अनुप्रस्थता, आड़ापन; समतलता, समस्तरता

hormone हॉर्मोन *n* (*physiol*) शरीर में पैदा होने वाला विविध प्रकार का रस जो रक्त में मिलकर विभिन्न इन्द्रियों की क्रिया में सहायक होता है, हारमोन

horn हॉर्न *n* 1 सींग, शृंग, 2 कुछ कीड़ों के सिर पर बनी मार्ग टटोलने की इन्द्रिय, संस्पर्शक, 3 सींग की बनी वस्तु, 4 **to draw in one's ~s** पीछे हटना, ठंडा पड़ना, (किसी काम के लिए) उत्साह छोड़ देना, कम उत्साह दिखाना, 5 **horn of plenty** धन-धान्य का बाहुल्य, 6 दो अप्रिय विकल्पों में से एक, **to be on the horns of a dilemma** (see dilemma), 7 फूंक कर बजाया जाने वाला बाजा (जो पहले सींग का बनता था), तुरही, 8 (गाड़ी का भोंपू) [to blow the ~], 9 **hornbill** पक्षी-विशेष, धनेश; **~ed** *a* सींग वाला, सींगदार

hornet हॉर्निट *n* बरटा, **to bring a hornets' nest about one's ears** भिड़ के छत्ते में हाथ डालना, अपने शत्रुओं को उत्तेजित करना या उभाड़ना या सचेत करना, विरोधियों को गुस्सा दिलाना

hornpipe हॉर्न्पाइप *n* 1 फूंक कर बजाया जाने वाला प्राचीन बाजा, 2 नृत्य, 3 नृत्य के लिए संगीत

horny हॉर्नि *a* 1 सींग का, सींग-जैसा, 2 सींग-जैसा कड़ा [~-handed], 3 *sl* विषयी, व्यभिचारी

horologe हॉर-लॉज *n* (*arch*) घड़ी

horology हरॉल-जि *n* समय मापने या घड़ियां बनाने की कला, घड़ीसाज़ी

horoscope हॉरस्कोप *n* (*astrol*) 1 आकाश और ग्रहों का निरीक्षण, 2 (किसी समय, वि० व्यक्ति के जन्म के समय) ग्रहों की स्थिति का चित्र, जन्मपत्री, जन्मकुण्ली, **to cast a ~** जन्मपत्री बनाना; **horoscopy** *n* जन्मपत्री बनाने की विद्या या कला

horrible हॉरिबल *a* 1 भयङ्कर, डरावना, दहलाने वाला, बीभत्स, विकराल, 2 जघन्य, कुत्सित, घृणित, 3 *colloq* बहुत अधिक, असीम, बेहद, बहुत खराब [~ noise, weather]

horrid हॉरिड *a* 1 भयानक, भयङ्कर, कुरूप, विकराल, बीभत्स, 2 (*colloq*) as prec [~ noise, weather]

horrific ह-रिफ़िक *a* डरावना

horrify *vt* 1 डराना, भयभीत करना, दहलाना, थर्रा देना, रोंगटे खड़े करना [~ing scene], स्तब्ध करना, 2 चोट या धक्का या ठेस पहुंचाना, सदमा पहुंचाना

horror हॉरर *n & a* 1 डर के मारे होने वाली कंपकंपी, थर्राहट, थरथरी; हौल, दहशत, भय, डर, 2 डरावनी वस्तु, 3 भयानकता, भयानक कांड या दृश्य, विभीषिका [the ~ of atomic warfare], 4 अत्यन्त घृणा, सख़्त नफ़रत, [to have a ~ of s.o., of sth, of doing sth], 4 (*med*) **the horrors** कंपकंपी का दौरा, 5 **~-struck, ~-stricken** त्रस्त, भयभीत, इतना डरा हुआ कि काटो तो खून नहीं, *a* भयोत्पादक, रोमांचक [~ comics, films]

horripilation हॉरिपि-लेशन *n* (*liter*) सिहरन, रोमांच, रोमहर्षण

horse¹ हॉर्स *n* 1 घोड़ा, अश्व, तुरंग, 2 (*collect sing*) घुड़सवार सेना, अश्वारोही सेना, रिसाला, 3 *idioms:* **to flog a dead horse** (see flog); **to look a gift horse in the mouth** मुफ़्त की चीज़ में नुक्स निकालना, मांगे के बैल के दान्त गिनना; **to be, get, on one's high horse** अकड़ना, घमंड करना, इतराना; **to put the cart before the horse** (see cart); **(to eat, work) like a horse** बड़े ज़ोर-शोर से, **(straight) from the horse's mouth** (*of information*) संबंधित व्यक्ति या आधिकारिक सूत्र से (प्राप्त); 4 *comb:* **~-fly** घोड़े को तंग करने वाला कीड़ा; **~-laugh** अशिष्टतापूर्ण अट्टहास, ज़ोर की गँवारू हँसी, ठहाका, **horse-power** अश्व-शक्ति, यन्त्र के काम करने की शक्ति की इकाई = ५५० फ़ुट-पाउंड प्रति सैकण्ड; **~-race** घुड़-दौड़, **horse sense** (*colloq*) व्यावहारिक बुद्धि, साधारण समझ-बूझ, **~-trading** घोड़े खरीदना-बेचना, *fig* सौदेबाज़ी

horse² *vt & i* 1 (किसी को) घोड़ा देना, (गाड़ी में) घोड़ा जोतना, 2 *vi* घोड़े पर चढ़ना, घोड़े पर (चढ़ कर) जाना, घोड़े की सवारी करना

horseback *n* on ~ घोड़े पर सवार

horseman *n* (कुशल) अश्वारोही, घुड़सवार, शहसवार, **~ship** *n* घुड़सवारी, शहसवारी

horseshoe हॉर्स्शू *n* नाल

horsiness *n* (f. foll) घोड़ों (या घुड़दौड़) का शौक

horsy हॉर्सि *a* 1 घोड़ों का शौकीन, घुड़दौड़ का शौकीन, 2 साईसों की वर्दी या भाषा की नकल करने वाला

hortative, hortatory हॉर्टट-टिव, -टरि *aa* उपदेशात्मक, प्रेरणात्मक, अनुरोधात्मक, उद्बोधक, उद्बोधात्मक

horticultural हॉर्टिकल्चरल *a* बाग़बानी का, उद्यान-विज्ञान का

horticulture हॉर्टिकल्चर *n* बाग़ लगाने का काम या विज्ञान, बाग़बानी, उद्यान-विज्ञान **horticulturist** हॉर्टिकल्चरिस्ट *n* बाग़ लगाने का विशेषज्ञ, बाग़बानीविशेषज्ञ, उद्यान-विशेषज्ञ

hose होज़ *n* **1** (*collect* as *pl*) लम्बी जुर्राबें, लम्बे मोज़े, **half-hose** जुर्राबें, मोज़े, **2 hose(-pipe)** (पेड़-पौधे सींचने या आग बुझाने की) रबड़ की नाली

hosier होश़्ज़र *n* जुर्राबें, स्वेटर, बनियान आदि बेचने वाला, ~**y** *n* जुर्राबें, बनियान आदि

hospice हॉस्पिस *n* (यात्रियों के विश्राम के लिए) सराय, धर्मशाला, आश्रम

hospitable हॉस्पिट-बल *a* अतिथियों का स्वागत और आदर-सत्कार करने वाला, अतिथि-सेवा करने वाला, आतिथ्यकारी, आतिथेय, मेहमान-नवाज़

hospital हॉस्पिटल *n* अस्पताल, चिकित्सालय

hospitality हॉस्पिटैलिटि *n* अतिथि-सेवा, अतिथि-सत्कार, आतिथ्य, आवभगत, ख़ातिर, मेहमानदारी, मेहमान-नवाज़ी, to show s.o. ~ किसी का आतिथ्य करना, किसी को अपने यहां ठहराना

hospitalization *n* (f. foll)

hospitalize *vt* (रोगी को) अस्पताल में भर्ती करना या करवाना, अस्पताल में रखना

host^1 होस्ट **1** (लोगों आदि की) बड़ी संख्या, भीड़, दल, समूह, लशकर, फ़ौज, a (whole) ~ of servants नौकर-चाकरों की (सारी) फ़ौज या भीड़ या (सारा) दल, [a ~ of flies, gnats, etc], **He is a host in himself** वह अकेला सौ के बराबर (काम कर सकता) है, **2** *arch* सेना

host^2 *n* **1** जिसके यहां मेहमान आकर ठहरे, मेज़बान, मेहमानदार, **2** लोगों को अपने यहां निमन्त्रित करने वाला, निमन्त्रक, आतिथ्य करने वाला, **to play ~ to** का आतिथ्य करना, **3** सराय या होटल का मालिक, **4 to reckon without one's host** संबंधित मुख्य व्यक्ति के साथ सलाह किए बिना कोई योजना या कार्यक्रम बनाना; (किसी काम में पड़ने वाली) अड़चनों या (लोगों के) विरोध का ख़याल न करना

host^3 *vt* to ~ s.o. (के सम्मान में, को) भोज देना [also, to ~ a banquet etc]

host^4 *n* यूकरिस्ट की पवित्र रोटी (see Eucharist)

hostage हॉस्टिज *n* बंधक के रूप में रखा गया या किसी के हवाले किया गया व्यक्ति, बंधक व्यक्ति, बंधक, प्रतिभू, ज़ामिन

hostel हॉस्टल *n* **1** छात्रों या वर्ग-विशेष के लिए ठहरने की जगह, छात्रावास, **2** सराय, धर्मशाला, **3 youth ~** (see youth 5); **hostelry** *n* (*arch*) सराय, धर्मशाला

hostess होस्टिस *a* **1** आतिथ्य करने वाली स्त्री, निमंत्रित करने वाली, निमंत्रिका, **2** सराय की मालकिन, **3 air-hostess** विमान-परिचारिका

hostile हॉस्टाइल *a* **1** शत्रु का, **2** शत्रुतापूर्ण, अमित्रतापूर्ण, विरोधपूर्ण, विरोधी [~ attitude, act, propaganda, etc], to be ~ **to s.o.** किसी का शत्रु या विरोधी होना, **3** प्रतिकूल, विरुद्ध, खिलाफ़, **hostile witness** बिगड़ा गवाह

hostility हॉस्-टिलिटि *n* **1** शत्रुता, वैर, विरोध, खटपट, छेड़छाड़, छेड़ख़ानी, **2** (in *pl*) **hostilities** युद्ध की स्थिति, प्रकट युद्ध, लड़ाई, **3** प्रतिकूलता, वैपरीत्य, विरोध

hostler *n* = ostler

hot^1 हॉट *a* **1** गरम, उष्ण, तप्त, जलता हुआ, **2** (of pepper etc) तेज़, तीखा, तीता, **3** उत्साही, जोशीला, **4** उत्तेजित, क्रुद्ध, नाराज़, **5** (*fig*) **hot news** बिल्कुल ताज़ा (वि० सनसनीदार) ख़बर, गरम ख़बर, **6** *idioms*: **to blow hot and cold** एक साथ दो विपरीत बातें करना, निन्दा भी करना और प्रशंसा भी, मारना भी और पुचकारना भी, डाँवांडोल होना; **to give it** s.o. **hot** किसी की खूब खबर लेना, डांट या फटकार बताना, फटकारना, भर्त्सना करना; **to make the place (too) hot for s.o.; to make it** *or* **things (too) hot for s.o.** किसी का नाक में दम कर देना, किसी का जीना दूभर कर देना, किसी के लिए मुसीबत कर देना, बहुत तंग करना, **7** *comb*: ~**bed** (i) खाद डाल कर बुवाई के लिए तैयार की गई क्यारी, (ii) (बुराइयों के) पैदा होने या पनपने के लिए अनुकूल जगह, अड्डा, घर [hotbed of corruption, crime, vice etc], ~**-blooded** जोशीला, उत्साही- ~**head** *n* जल्दबाज़ आदमी; ~headed *a* जल्दबाज, **hothouse** कृत्रिम गर्मी से पौधे उगाने के लिए शीशे का घर, तापघर, **hot line** आपातकाल में (वि० वाशिंगटन और मास्को के बीच) टेलिफ़ोन या टेलिप्रिन्टर द्वारा सीधा संपर्क स्थापित करने की व्यवस्था, अविलम्ब संवाद माध्यम; ~ stuff (*sl*) बहुत जोशीला आदमी, दृढ़संकल्प व्यक्ति, सिद्धहस्त, अतिकुशल या प्रवीण, मंजा हुआ [He is ~ stuff at tennis], ~**-tempered** *a* उग्र-स्वभाव, क्रोधी, गरम-मिज़ाज, ~ **war** शस्त्रास्त्र से युद्ध, ~ **water** (*fig*) कठिनाई, कष्ट, मुसीबत, परेशानी; **to be in** *or* **get into hot water** मुसीबत या परेशानी में होना; मुसीबत में फंसना; ~ **well** (also ~ **spring**) गरम पानी का चश्मा

hot^2 *vt* & *i* (-tt-) **1** गरम करना या होना, **2** *vi* (*fig*) उग्र या ख़तरनाक रूप धारण करना [Things are hotting up]

hotly *adv* **1** उग्रता से, क्रोधपूर्वक, बिगड़ कर [to reply hotly], जोश के साथ, बड़ी तेज़ी से [~ pursued]

hotchpotch हॉच्पॉच् *n* **1** कई सब्ज़ियों के साथ पकाये गये गोश्त का शोरबा; मिली-जुली सब्ज़ी भाजी [vegetable ~], **2** खिचड़ी, मिश्रण, घाल-

मेल, गड्डमड्ड

hotel होटॅल *n* यात्रियों के भोजन और निवास के लिए भवन, होटल

Hottentot हॉटन्टॉट *n* दक्षिण-अफ़्रीका में अन्तरीप (Cape of Good Hope) के निकट रहने वाली जाति-विशेष का आदमी, हाटन्टाट

hound हाउन्ड *n* 1 शिकारी कुत्ता (वि० वह जो शिकार की गंध पाकर उसका पीछा करता है), 2 घृणित या नीच या दुष्ट आदमी, पाजी [You miserable hound!]

hound^2 *vt* 1 कुत्तों के साथ शिकार करना, कुत्तों की तरह पीछा करना, 2 किसी के पीछे कुत्ते (या जासूस आदि) छोड़ना या लगाना, 3 to ~ s.o. down पीछा करके किसी को जा पकड़ना, 4 किसी के पीछे पड़ना [He was ~ed by his creditors]

hour आउअर *n* 1 घंटा, 2 वक्त, समय, घड़ी में जो बजा हो, at the ~ of nine नौ बजे, 3 in *pl* दैनिक काम का समय, office hours are 10 to 5 दफ़्तर का समय 10 से 5 तक है, **Working ~s** काम का समय, 4 क्षण, मुहूर्त, घड़ी, समय, in the ~ of need ज़रूरत की घड़ी में; **zero hour** (see zero), 5 वर्तमान समय, the question of the ~ इस समय का सवाल, उपस्थित प्रश्न, 6 *astron* देशान्तर के 15 दर्जे (15°), 7 **at the eleventh hour** अन्तिम क्षण में, आखिरी समय में, ऐन वक्त या मौके पर; **in the small hours (of the morning)** रात के एक-दो बजे या दो-तीन बजे; **to keep early ~s** जल्दी घर लौटना, जल्दी सोना, जल्दी जागना; **to keep late ~s** बहुत देर से घर लौटना, बहुत देर तक जागते रहना, 8 **hour-glass** रेत की घड़ी, **hour-long** *a & adv* घंटे भर का; घंटा भर

hourly आउअर्लि *adv & a* 1 हर घंटे या हर क्षण (होने वाला), 2 प्रति घंटा के हिसाब से (गिना या दिया जाने वाला), घंटेवार, 3 लगातार, निरन्तर बार-बार (होने वाला)

house^1 हाउस *n* 1 घर, गृह, मकान, भवन, निवास, आवास, 2 (*Parl*) सदन, सभा, **House of the People, House of Representatives** लोकसभा, 3 *theatr* प्रेक्षागृह, the ~ is full सब जगहें भर गई हैं, 4 घराना, वंश, कुल, खानदान, 5 *astrol* आकाशमंडल या राशि-चक्र का बारहवां भाग, राशि; 6 **house of cards** (i) ताश के पत्तों का घर, दफ़्ती की इमारत, घरौंदा, (ii) थोथा काम, थोथी योजना, 7 **~ of ill fame** (*arch*) वेश्यालय, चकला, 8 **house and home** (*emphatic*) घर-बार, **to eat s.o. out of ~ and home** (see eat,3); **like a ~ on fire** ज़ोर-शोर से, तेज़ी से; 9 *idioms*: to bring down the ~ प्रेक्षकों द्वारा बहुत पसन्द किया जाना (see bring 11), **to keep ~** घर-बार संभालना, घर का प्रबंध चलाना; **to keep open ~** हर किसी का आतिथ्य करना, **to keep (to) the ~** घर में ही रहना, बाहर न निकलना, 10 *comb*: **~-agent** मकानों का क्रय-विक्रय या किराये पर दिलाने का काम करने वाला, मकानों का एजंट; **under ~ arrest** घर में नज़रबन्द, **~boat** यात्रियों के ठहरने के लिए घरेलु सामान से सुसज्जित बड़ी नौका, नौका-गृह, **~-breaker** सेंधमार, सेंधिया, **~-hunting** (किराये के) मकान की तलाश, **~-keeper** घर का प्रबंध करने वाली स्त्री, घर-गृहस्थी संभालने वाली स्त्री; **~keeping** घर का प्रबंध, घर की आर्थिक व्यवस्था; **~ magazine** संस्था की पत्रिका; **~-physician, ~-surgeon** अस्पताल में रहने वाला डाक्टर, निवासी डाक्टर; **~-top** मकान की छत; **to proclaim from the ~-tops** खुल्लम-खुल्ला कहना, खुले आम घोषणा करना; **~-warming** गृह प्रवेश की रस्म, गृहप्रवेश-संस्कार, **~work** घर (की सफ़ाई और रसोई आदि) का काम

house^2 *vt* 1 (किसी को) घर पर ठहराना, उतारना, रहने की जगह देना, 2 (लोगों के लिए) मकानों की व्यवस्था करना, मकान बनवा देना, 3 (माल अथवा अनाज को) गोदाम में रखना, 4 (मोटर को) गैराज में रखना, 5 *naut* तोप को सुरक्षित स्थान में रखना

household हाउस्होल्ड *n* 1 घर के लोग, कुनबा कुटुम्ब, घराना, परिवार, 2 घर-बार, घर-गृहस्थी, **~ effects** घरेलू सामान, **~ expenses** घर-गृहस्थी का ख़र्च; **~ gods** (*Rom ant*) गृह देवता, *fig* घरेलु जीवन की आवश्यक वस्तुएं, **~ word** शब्द जो सब की ज़बान पर हो, सुपरिचित नाम, सुपरिचित कहावत, **~er** *n* गृहस्थी, घर का मालिक, गृहस्वामी, परिवार का मुखिया

housewife हाउस्वाइफ़ *n* 1 गृहस्वामिनी, घर की मालकिन, गृहिणी, 2 घर-गृहस्थी संभालने वाली, घर का आर्थिक प्रबन्ध करने वाली, good housewife घर के प्रबन्ध में कुशल, सुगृहिणी 3 (*pr* हज़िफ़) सूई-धागे की थैली

housewifery हाउस्विफ़रि *n* घर की अर्थव्यवस्था, घर-गृहस्थी का प्रबंध

housing^1 हाउज़िङ्ग *n* घोड़े को ओढ़ाने या सजाने का कपड़ा, झूल

housing^2 1 घर, मकान, आवास, 2 आवास का प्रबन्ध, आवासन; 3 आवास-समूह; 4 **~ estate** नगरपालिका आदि द्वारा किराये या बिक्री के लिए बनाए मकानों का क्षेत्र, आवासक्षेत्र, आवास संपदा

hove (see heave)

hovel हॉवल *n* मामूली झोंपड़ी, मड़ैया, मामूली या घटिया घर

hover^1 हॉवर *vi* 1 (of birds etc) मंडराना [to ~ over, about a place], 2 चक्कर काटना या लगाना, इर्द-गिर्द घूमना, [to ~ about, s.o., a place], 3 (of person) डांवांडोल होना, निश्चय

न कर पाना [to ~ **between** two courses]

hover^2 *n* 1 मंडराना, 2 दुविधा, असमंजस, अनिश्चय की स्थिति

hovercraft हॉवर्क्राफ़्ट *n* समुद्र या धरती की सतह से कुछ ही ऊपर उड़ने वाली किश्ती या जहाज, अतलस्पर्शी नौका

hover-plane *n* हेलिकाप्टर

how हाउ *adv* 1 कैसे, किस प्रकार, किस तरह [How to do it?], 2 **How are you ? How do you do ?** आप का मिज़ाज कैसा है ? आप की तबीयत कैसी है ? क्या हाल-चाल है आप का ? 3 किस भाव पर, How is wheat? गेहूं का क्या भाव है, 4 **how much** कितना, **how many** कितने, **how far** कितना दूर, **how little** कितना कम [How little he cares for his health !]; **however** (sometimes also **howsoever**) चाहे जैसे भी हो, चाहे जिस तरह भी हो, [However he may do it] ,जो भी हो [However that may be], बहरहाल, फिर भी, तो भी, तथापि

howitzer हाउ-इट्सर *n* छोटी तोप (जो तोप की अपेक्षा धीमी गति से किन्तु अधिक ऊंचाई पर गोला फेंक सकती है), हाविट्ज़र (तोप)

howl हाउल *vi & t* 1 (of animal, person) चीखना, चिल्लाना, (of person only) कराहना [to ~ with pain], to ~ with laughter ठहाका मारना, फबती उड़ाना, 2 (of wind) सांय-सांय करना, शोर करना, 3 *vt* चिल्ला कर (कुछ) कहना, to ~ s.o. down फबतियां उड़ाकर किसी को चुप करा देना

howl^2 *n* 1 (of dog, wolf etc.) लम्बी चीख़, 2 (of person) व्यंग्यपूर्ण या तिरस्कारसूचक चिल्लाहट, ठहाका

howler हाउलर *n* (*sl*) बड़ी भारी ग़लती, घोर अशुद्धि [schoolboy ~]

howling हाउलिङ्ग *a* (*sl*) घोर, भयङ्कर, बड़ा भारी, अत्यन्त, a ~ mistake= howler, a ~ shame बड़े शरम की बात, अत्यन्त लज्जाजनक बात, a ~ injustice घोर अन्याय

hoy^1 हॉइ *n* छोटा जहाज़

hoy^2 *int* 1 ध्यान आकर्षित करने या पशुओं को हटाने के लिए ध्वनि, टख़्-टख़्, हो-हो, 2 *naut* (ऊंची आवाज़ में) अरे! सुनो!

hoyden होइडन *n* लड़कों की तरह उछलने-कूदने तथा अन्य चेष्टाएं करने वाली लड़की, चुलबुली लड़की

hub हब *n* 1 पहिये की नाभि, रथनाभि, चक्रनाभि, नाभि 2 *fig* कार्यकलाप का केन्द्र [a hub of industry]; रुचि का मुख्य विषय; केन्द्रबिन्दु

hubble-bubble हबल्-बबल *n* 1 (एक प्रकार का) हुक्का, गुड़गुड़ी, 2 शोर-ग़ुल, कोलाहल, अस्पष्ट बोली, बड़बड़ाहट

hubbub हबब *n* अस्पष्ट आवाज़ों का शोर, शोर-ग़ुल, कोलाहल, बड़बड़ाहट, चीख़-पुकार

huckaback हक-बैक *n* (तौलियों के लिए) एक प्रकार का मोटा खुरदरा कपड़ा, तौलिये का कपड़ा

huckle हकल *n* 1 कूल्हा, 2 चूतड़, नितम्ब, 3 **huckle-back(ed)** कुबड़ा

huckleberry हकल्बेरि *n* उत्तरी अमरीका में प्रायः हर जगह होने वाली छोटी झाड़ी, इस झाड़ी का फल

huckster हक्स्टर *n* 1 फेरी वाला, छोटा दुकानदार, बिसाती, 2 लालची व्यापारी, मुनाफ़ाख़ोर, (राजनीतिक मामलों में) भाड़े पर काम करने वाला व्यक्ति, भाड़े का टट्टू

huckster^2 *vi & t* मोल-तोल करना, सौदेबाज़ी करना; *vt* (माल) बेचना, मिलावट करना; ~**er** *n* सौदेबाज़ी करने वाला; ~**ing** *n* सौदेबाज़ी [political huckstering]

huddle हडल *vt & i & n* 1 बहुत सी चीज़ों को बिना क्रम के या अव्यवस्थित ढंग से रखना, ढेर लगाना ठूंस कर भरना, Passengers were ~d in the bus बस में यात्री भेड़-बकरियों की तरह भरे हुए थे, 2 to ~ oneself **up** गठरी बन जाना, 3 (कोई काम) बहुत जल्दी-जल्दी करना या निपटाना [to ~ **through** work], काम भद्दी तरह करना, बेगार टालना [to ~ **up** work], 4 *vi* चिपट जाना, चिपट कर या सट कर बैठना [to ~ against s.o.; to ~ together] *n* 1 (बिना क्रम के रखी गई चीज़ों का) ढेर, राशि, अंबार 2 गड़बड़, अव्यवस्था; 3 *colloq* गुप्त सभा या सम्मेलन [to be in, go into, a ~]

hue^1 ह्यू *n* रंग, वर्ण, आभा

hue^2 *n*.1 ~ and cry शोर-गुल, हल्ला-गुल्ला, कोलाहल, 2 (अपराधी को) पकड़ो-पकड़ो का शोर, 3 to raise a hue and cry **against** s.o., sth किसी व्यक्ति या बात के विरुद्ध आवाज़ उठाना, (व्यक्ति को) धिक्कारना,

huff^1 हफ़ *vt & i* 1 डराना, धमकाना, धौंस जमाना, to ~ s.o. **into, out of, (doing)** sth किसी को डरा-धमका कर कोई काम करने पर, काम से बाज़ रहने पर, मजबूर करना, 2 नाराज़ करना, सताना, to be ~ed नाराज़ होना, 3 *vi* नाराज़ होना, बिगड़ना, झल्लाना, गरजना

huff^2 *n* नाराज़गी, अप्रसन्नता, झल्लाहट, **to be in, get into, a huff** नाराज़, होना, अप्रसन्न होना, He left in a ~ वह नाराज़ होकर चला गया

hug हग *vt* (-gg-) & *n* 1 (स्नेह से) बांहों में जकड़ लेना, छाती से लगा या चिपका लेना, गाढ़ालिङ्गन करना [The child is ~ging the doll], 2 (of bear) (शिकार को) अपनी अगली टांगों में जकड़ लेना, 3 (पूर्वग्रह, धारणा, आशा, आदत आदि से) चिपके या चिमटे रहना [to ~ one's prejudices etc]; 4 **to hug the shore** (*of a ship*) समुद्र-तट को छूना, तट के पास-पास रहना या चलना; *n* बांहों की जकड़, गाढ़ालिङ्गन [to give s.o. a hug]

huge ह्यूज *a* बहुत बड़ा, बृहत्, विराट्, बड़ा भारी, महान्, विशाल, बहुत, प्रचुर, अत्यन्त; ~**ly** *adv* बहुत अधिक, अत्यन्त; ~**ness** *n* विशालता, आधिक्य

hugger-mugger हगर-मगर *n, a & adv* 1 अव्यवस्था, गड़बड़, 2 रहस्य, गोपन, छिपाव, *a* अव्यवस्थित, गड़बड़, गुप्त, रहस्यमय, *adv* अव्यवस्थित ढंग से, गुप्त रूप से

Huguenot ह्यू ग-नॉट *n*(*hist*) फ़्रांसीसी प्रोटेस्टेंट (ईसाई)

hula हूल: *n & vi* 1 ~(-~)हवाई (Hawaii) द्वीप की स्त्रियों का नृत्य; 2 ~ **hoop** प्लास्टिक का बना चक्कर जिसे कमर में डाल कर चक्राकार नृत्य करते हैं, हूला हूप; *vi* हूला नृत्य करना

hulk हल्क *n* 1 (टूटे जहाज का) ढांचा (जिसे गोदाम की तरह बरता जाए), बहुत बड़ा जहाज़, 2 *fig* महाकाय व्यक्ति

hulking हल्किङ्ग *a*(*colloq*) 1 बहुत बड़ा, भारी, भारी भरकम, बृहदाकार, महाकाय [big ~ creature), **2** भद्दा, बेडोल, बेढंगा

hull^1 हल *n & vt* 1 (फल, बादाम आदि का) छिलका, खोल. भूसी; (मटर आदि की) फली, 2 *fig* आवरण, पर्दा, ढकना, ढक्कन; *vt* छिलका उतारना, छीलना, भूसी निकालना

hull^2 *n & vt* जहाज़ का ढांचा, (*naut*) **hull down** इतना दूर कि जहाज का ढांचा (क्षितिज पर) नजर न आये; *vt* तोप के गोलों से जहाज के ढांचे को नुकसान पहुंचाना या तोड़ना

hullabaloo हल-ब-लू *n* हो-हल्ला, हल्ला-गुल्ला. शोर-ग़ुल, कोलाहल, हुल्लड़ [to make a ~]

hullo ह-लो, Var of hallo

hum हम *vi & t* 1 (भौंरे या मधुमक्खी का) भनभनाना, गुंजार करना, 2 (हिचक या अनिश्चय की स्थिति में) हुं-हुं करना, usu **to hum and ha**(**w**), 3 *colloq* चहल-पहल होना, **to make things hum** काम में तेजी लाना, 4 *vt* मुंह बन्द करके गाना, etc गुनगुनाना [to ~ a tune]

hum^2 *n* 1 **भनभनाहट**, घूमते हुए लट्टू की ध्वनि, गूंज, गुंजार, 2 हुंहुं की ध्वनि (see prec), 3 गुनगुनाहट,

human ह्यूमन *a & n* 1 मनुष्य का, मानव का, मानुषिक, मानवीय, (*journ*) a story of **human interest** रोचक या मर्मस्पर्शी समाचार; ~ nature मानव-प्रकृति, ~ race मनुष्य-जाति, मानव-जाति, ~ sacrifice नर-बलि, 2 मानवीय या मानवोचित गुणों से युक्त [a very ~ person]; *n* मनुष्य, मानव, इन्सान; ~ly *adv* मानवता के नाते, मानवता के आधार पर, मनुष्य की हैसियत से, मनुष्य की शक्ति से, ~ impossible मनुष्य के लिए असंभव

humane ह्यूमेन *a* दयालु, परोपकारी, सहानुभूति रखने वाला, सहृदय, सहानुभूतिपूर्ण, ~ **task** परोपकार का काम; ~**ness** *n* परोपकार या दया की भावना, दयालुता, सहृदयता, दयालु स्वभाव, साधु स्वभाव, भलमनसाहत

humanism ह्यूमनिज़्म *n* 1 मानव-हित की भावना, मानवहितैषिता, मानव-प्रेम, 2 मानव के क्रियाकलाप या सुख-दुःख (न कि ईश्वरीय लीला) में रुचि (का सिद्धान्त), मानववाद

humanist ह्यूमनिस्ट *n* 1 मानवप्रेमी, परोपकारी, मानवतावादी; मानव प्रकृति या मानव के क्रिया-कलाप का अध्ययन करने वाला, 2 रोमन और ग्रीक साहित्य (न कि धार्मिक साहित्य) का विद्यार्थी या अध्येता (esp in 14th-16th cent)

humanitarian ह्यूमैनिटेॅअरिअन *n & a* परोपकारी या दयालु या लोकहितैषी (व्यक्ति)

humanity ह्यूमैनिटि *n* 1 मानव-जाति, मनुष्य-जाति, 2 मानव-प्रकृति, मनुष्य का स्वभाव, 3 दयालुता, कृपालुता, परोपकार की भावना, 4 Religion of Humanity = humanism (2), 5 **the humanities** मानव संस्कृति से संबंधित साहित्य (वि० ग्रीक, लैटिन, संस्कृत आदि का) विज्ञानेतर साहित्य, मानविकी

humanize ह्यूमनाइज *vt & i* 1 मानवीय बनाना, मानव का रूप देना, मानववत् या मनुष्य-जैसा बनाना, **2** दयालु या सहृदय बनाना, मानव-प्रेम की भावना जागृत करना

humankind ह्यूमन्काइन्ड *n* मानव जाति, मनुष्य-जाति

humble^1 हम्बल *a* 1 अपने गुणों को कम करके बताने वाला, अपने को छोटा समझने वाला, निरभिमान, विनीत, विनयपूर्ण, नम्र, 2 दीन, दीन-हीन, छोटा, मामूली, साधारण, तुच्छ, नगण्य, **in my ~ opinion** मेरी तुच्छ राय में, 3 **to eat humble pie** माफ़ी मांगना पड़ना, अपमानित होना, मुंह की खाना, ज़लील होना [derived from umbles *q.v.*]

humble^2 *vt* 1 (किसी को) नीचा दिखाना, अपमानित करना, (किसी का) अभिमान या घमंड तोड़ना [to ~ s.o.'s pride], 2 **to ~ oneself** अपमानित होना, ज़लील होना

humble-bee हम्बल्-बी = bumble-bee

humbug हम्बग *n & vt & i* 1 ढकोसला, ढोंग, पाखंड, 2 धोखा, धोखा-धड़ी, प्रवंचना, 3 (as *int*) वाहियात! बकवास! *vt* 1 बहकाना, झांसा देना [to ~ s.o. **into, out of, (doing)** sth], 2 *vi* ढोंग करना, पाखंड रचना, बगुला भगत होना या बनना

humdrum हमड्रम *a* (of work, life, etc.) फीका, नीरस, बेमज़ा, उकता देने वाला; ~**ness** *n* नीरसता, फीकापन

humerus ह्यूमरस *n* (*anat*) कुहनी से लेकर कंधे तक की हड्डी, प्रगंडास्थि, प्रगण्डिका

humid ह्यूमिड *a* गीला, तर, आर्द्र, सीला हुआ, नमी वाला, ~**ify** *vt* आर्द्र करना; ~**ity** *n* गीलापन, आर्द्रता, सील, नमी

humiliate ह्यूमिलिएट *vt* नीचा दिखाना, अभिमान तोड़ना, गर्व चूर करना, ज़लील करना; **humiliating** *a* अपमानजनक, अपमानकारी; **humiliation** *n*

अपमान, मानमर्दन, ज़िल्लत, दुर्दशा, दुर्गति

humility ह्यूमिलिटि *n* (f. humble) 1 नम्रता, विनम्रता, विनय, विनीत भाव, दीनता, 2 तुच्छता, नगण्यता, दीन या हीन दशा

humming हमिङ्ग *n* 1 (*colloq*) ज़ोरदार, जबरदस्त, प्रचड, 2 गुंजार करने वाला, ~-**bird** गुंजार करने वाले पक्षियों की जाति

hummock हमक *n* 1 छोटी पहाड़ी, टीला, ढूह, 2 दलदली भूमि या बर्फ़ीले मैदान में उभरी हुई जगह, उभार

humorist ह्यूमरिस्ट *n* 1 मसख़रा, मख़ौलिया, ठिठोलिया, विनोदी, हास्यप्रिय व्यक्ति, 2 हास्य रस का लेखक, दिल्लगी की बातें करने वाला, हंसोड़ अभिनेता

humorous ह्यूमरस *a* 1 हंसी या दिल्लगी करने वाला, हास्यप्रिय, विनोदप्रिय, विनोदी, मज़ाकिया, 2 हंसा देने वाला, हास्यजनक, हास्यास्पद, विलक्षण [~ situation]; ~ly *adv* मज़ाक में, हंसी में, दिल्लगी में

humour[1] ह्यूमर *n* 1 मनोदशा, मनोवृत्ति, चित्तवृत्ति, स्वभाव, मिज़ाज, तबीयत, to be in the ~ to do sth, in the ~ for work कोई काम करने की तबीयत होना, **out of humour** जिसका मिज़ाज बिगड़ा हुआ हो, नाराज, रुष्ट; **in a good humour** प्रसन्नचित्त, प्रफुल्लचित्त, **in a bad humour** नाराज़, चिड़चिड़ा, 2 हास्य-विनोद, परिहास, दिल्लगी, मज़ाक, 3 (**sense of**) ~ मज़ाक समझने या मज़ाक का आनन्द लेने की योग्यता [He is lacking in ~]; 4 (**cardinal**) ~s (*hist*) शरीर में विद्यमान चार द्रव—वात, कफ, पित्त, रक्त —जिन पर व्यक्ति का स्वास्थ्य और मिज़ाज आदि निर्भर माने जाते थे

humour[2] *vt* प्रसन्न करना, परचाना, (किसी का) दिल या जी रखना [A patient has to be ~ed]

humoursome ह्यूमर्सम *a* 1 मनमौजी, अस्थिरचित्त, 2 चिड़चिड़ा, तुनक-मिज़ाज़

hump हम्प *n* & *vt* 1 कूबड़, (of camel etc) कोहान, ककुद्, 2 (धरती आदि का) उभार या उठाव, टीला, *fig* काम का कठिन भाग, **to get over the** ~ कठिन भाग निपटा लेना, संकट पार कर लेना, 3 *sl* उदासी, खिन्नता, विषाद, खीज, **That gives me the** ~ इससे मेरा जी खट्टा होता है, *vt* 1 कूबड़ निकालना [to ~ the back], 2 खिजाना, उदास करना, दिल तोड़ना; ~**back** *n* कुबड़ा; ~**backed** *a* कुबड़ा, ~y *a* कोहान-जैसा, कोहानयुक्त

humpty-dumpty हम्प्टि-डम्प्टि *n* नाटा और बहुत मोटा आदमी (जो गिर कर स्वयं उठ न सके) गोल-मटोल आदमी

humus ह्यूमस *n* धरती में गली-सड़ी वनस्पति का अंश (जो उसे उपजाऊ बनाता है), खाद-मिट्टी

Hun हन *n* एशियाई यायावर जाति जिसने चौथी और पांचवीं शताब्दी में यूरोप पर आक्रमण करके अनेक नगरों का नष्ट-भ्रष्ट किया, हूण

hunch[1] हन्च *vt* मोड़ कर गोल करना, कूबड़ निकालना, to ~ **out, up** बीच में से ऊंचा करना, उभारना

hunch[1] *n* 1 कूबड़, कोहान, 2 (U.S. *sl*) **to have a hunch that**...विचार या ख़याल होना, कुछ शक या सन्देह होना [I have a ~ that he is now in town], 3 **hunchback (ed)** = humpback (ed)

hundred हन्ड्रड *n* & *a* सौ, शत, सैंकड़ा, **(a) hundred and one** बहुत से, बहुतेरे, अनेक, **a** ~ **to one** अत्यधिक संभावना, a ~ percent शत प्रतिशत; ~**fold** *a* & *adv* सौ गुना; ~**th** *a* & *n* सौवां (भाग), शतांश

hung (see hang)

hunger[1] हङ्गर *n* 1 भूख, क्षुधा, बुभुक्षा, 2 *fig* तीव्र या उत्कट अभिलाषा, लालसा [~ **for, after,** sth], **hunger-strike** भूख हड़ताल, अनशन

hunger[2] *vi* भूख लगना, भूखा होना, किसी पदार्थ की लालसा होना [to ~ **for, after,** sth]

hungry हङ्ग्रि *a* 1 भूखा, बुभुक्षित [to be, feel, ~], to go ~ भूखा रहना, खाने को कुछ न मिलना, 2 अति उत्सुक, लालायित, लोलुप, लोभी, ~ looks ललचायी हुई दृष्टि, 3 ~ soil भूमि जिसे खाद की बहुत जरूरत हो, ऊसर भूमि

hungrily *adv* व्यग्रता से, अधीरता से, ललचायी हुई दृष्टि से

hunk हङ्क *n* मोटा टुकड़ा [a ~ of bread, cheese]

hunt[1] हन्ट *vi* & *t* 1 शिकार खेलना, 2 *vt* (हिरन आदि पशुओं का) शिकार करना, [to ~ a deer etc], 3 पीछा करना [to ~ a thief], 4 **to hunt down** (i) पीछा कर के पकड़ लेना, जा पकड़ना, (ii) अत्याचार द्वारा दबा देना, कुचल देना [to ~ **down** a rival], 5 to ~ **(about) for** sth (*colloq*) किसी चीज़ की तलाश या खोज करना, 6 to ~ **out, up** (यत्नपूर्वक) तालश कर के पा लेना, ढूंढ निकालना, [to ~ up the facts, information, etc.]

hunt[2] *n* 1 शिकार, मृगया, आखेट [tiger-~], 2 तलाश, खोज

hunter[3] *n* 1 शिकारी, बहेलिया, लुब्धक, **व्याध,** 2 *fig* तलाश करने वाला, पाने का इच्छुक [curio, fortune, job, hunter], 3 शिकार का घोड़ा

hunting 1 शिकार 2 खोज, तलाश, **to go house-hunting** (*colloq*) मकान की तलाश में **निकलना,** 3 **hunting-ground** शिकार का मैदान, शिकारगाह; *fig* स्थान जहां खोजने पर किसी चीज़ के मिलने की आशा हो [In New Delhi, Janpath is a happy ~-ground for collectors of curios]

huntsman *n* 1 शिकारी, 2 शिकारी कुत्तों की देखभाल करने वाला

hurdle हर्डल *n* & *vt* 1 दौड़ के मार्ग पर फाँदने के लिए रखा गया लकड़ी का चौखटा, टट्टर, रुकावट, **hurdle race** टट्टर-फांद दौड़, 2 *fig* रुकावट, अड़चन, बाधा; *vt* रुकावट (या रुकावटें) खड़ी करना, जंगला या बाड़ लगाना

hurdler हर्ड्लर *n* 1 टट्टर बनाने वाला, 2 टट्टर-फाँद दौड़ में भाग लेने वाला

hurdy-gurdy हर्डि-गर्डि *n* एक प्रकार का बाजा

hurl हर्ल *vt* 1 ज़ोर से फेंकना, (अस्त्र आदि) फेंकना, दे मारना, 2 to ~ abuses at s.o. किसी पर गालियों की बौछार करना, 3 to ~ **back** (शुत्र आदि को) पीछे धकेल देना, 4 to ~ **down** पटक देना

hurly-burly हर्लि-बर्लि *n* हुल्लड़, कोलाहल, हंगामा, खलबली, गड़बड़, हलचल, उथल-पुथल

hurrah हुरा, **hurray** हुरे *int*, *n* & *vi* वाह वाह! शाबास! हुर्रे! *n* वाह-वाह की ध्वनि, हर्ष-ध्वनि, *vi* वाह वाह करना

hurricane हरिकेन *n* तूफ़ान, आंधी, अंधड़, झक्कड़, झंझावात; ~ **lamp** आंधी-तूफ़ान में न बुझने वाला (विशेष प्रकार का) लैम्प, हरीकेन लैम्प

hurried हरिड *a* जल्दी या उतावली में किया हुआ, ~**ly** *adv* जल्दी से, उतावली में, हड़बड़ी में, हड़बड़ा कर

hurry^{1} हरि *n* बड़ी जल्दी, अति शीघ्रता, हड़बड़ी, उतावली, **to be in a hurry, to do, for,** sth किसी बात की जल्दी होना, What's your ~? तुम्हें किस बात की जल्दी है ?

hurry^{2} *vt* & *i* 1 किसी से कोई काम जल्दी-जल्दी करवाना, हड़बड़ाना, जल्दी मचाना [to ~ s.o. **into doing** sth], 2 **to** ~ **s.o. along, away, off** किसी को भगा ले जाना या उठा ले जाना, 3 *vi* जल्दी करना, बाहर जाना, लौटना इत्यादि [to ~ **up,** ~ **out,** ~ **back,** etc]; to ~ **through** one's dinner जल्दी-जल्दी खाना खा लेना

hurt हर्ट *n* & *vt* 1 चोट, घाव, जख्म, 2 आघात, दुःख, तकलीफ़, 3 हानि, नुक्सान, क्षति; *vt* 1 चोट या घाव लगाना, 2 आघात या दुःख या तकलीफ़ पहुंचाना, चोट पहुँचाना, ठेस लगाना, **to** ~ **s.o.'s feelings** किसी का दिल दुखाना, 3 **to** ~ **oneself** अपने को चोट लगना, 4 नुक्सान या हानि पहुंचाना [to ~ s.o.'s interests], 5 My wound hurts (me) मेरे घाव में दर्द होता है; ~**ful** *a* 1 हानिकर, नुक्सानदेह, 2 कष्टदायक, पीड़ाकर

hurtle हर्टल *vi* खड़खड़ या गड़गड़ या तड़तड़ शब्द करते हुए तेजी से दौड़ना या गिरना या पड़ना; The rocks ~d down चट्टानें तड़ातड़ गिर रही थीं, the train ~d along गाड़ी खटाखट जा रही थीं

husband^{1} हज़्बन्ड *n* पति, स्वामी, भर्ता, शौहर

husband^{2} *vt* 1 किफ़ायत से खर्च करना, मितव्ययिता से काम में लाना या उपयोग करना [to ~ one's resources], 2 (*arch*) (खेत) जोतना

husbandsman *n* (*arch*) किसान, कृषक, काश्तकार, खेतिहर

husbandry हज़-बंड्रि *n* 1 काश्त, काश्तकारी, खेती-बाड़ी 2 (कारोबार आदि का) प्रबन्ध [good, bad, ~], 3 कुशल प्रबन्ध, सुव्यवस्था; 4 देखभाल, animal husbandry पशुपालन

hush^{1} हश *n* 1 नीरवता, ख़ामोशी, शांति, 2 मौन, चुप्पी, **hush money** चुप करने या रहस्य न खोलने के लिए दी गई रिश्वत, मुंहभराई

hush *vt* & *i* 1 चुप कराना, मुंह बन्द करना, चुप करना या होना 2 (मामले को) दबा देना, रफ़ा-दफ़ा करना [to ~ up an affair], 3 **hush-hush** *a* (*colloq*) चुपके-चुपके किया हुआ, **hush-hush enquiry** चुपके-चुपके की गई जांच; अति गोपनीय [a hush-hush affair]

husk हस्क *n* & *vt* 1 (बादाम आदि फलों का) छिलका, (अनाज का) छिलका, भूसी, rice in the ~ बिना कुटा धान, 2 *fig* किसी चीज़ का निकम्मा बाहरी भाग, 3 पशुओं का कास रोग, *vt* छिलका उतारना, भूसी निकालना, कूटना

husky^{1} हस्कि *a* 1 छिलके समेत, छिलकेदार, 2 छिलके या भूसी की तरह सूखा, 3 (of voice or person) भर्राई हुई (आवाज़), (व्यक्ति) जिसका गला बैठ गया हो

husky^{2} *n* 1 एस्कीमो कुत्ता, 2 **H**~ एस्कीमो (व्यक्ति); एस्कीमो भाषा

hussar हुज़ॉर *n* अश्वारोही (रजमन्ट का) सैनिक

hussy,-zzy हज़ि *n* 1 आचारहीन स्त्री, कुलटा, 2 उद्धत या नटखट लड़की

hustings हस्टिङ्ग्ज़ *n* संसदीय निर्वाचन की सारी प्रक्रिया (चुनाव-प्रचार, भाषण, वोट-याचना आदि)

hustle हसल *vt* & *i* & *n* 1 धकेलना, धक्का देना या मारना या लगाना, ठेलना, to ~ s.o, **into, out of,** a place, 2 किसी को सोचने का मौका दिये बिना कोई काम करने को बाध्य करना [to ~ **s.o. into (doing) sth**], 3 *vi* धक्के मार के आगे बढ़ना, धकापेल करना, जल्दी करना, दौड़-धूप करना, *n* 1 धका-पेल, धक्कम-धक्का, 2 जल्दी, हड़बड़ी, दौड़-धूप

hut हट *n* 1 झोंपड़ी, कुटिया, कुटी, कुटीर, मड़ैया, 2 *mil* सैनिकों के लिए लकड़ी का बना अस्थायी डेरा, बैरक

hutment हट्मन्ट *n* बैरकों की छावनी, अस्थायी शिविर, अस्थायी मकान

hyacinth हाइअ-सिन्थ *n* 1 पौधा-विशेष जिसके फूल घंटी के आकार के और जामुनी आदि कई रंगों के होते हैं, 2 जामुनी रंग, नीलारुण वर्ण, 3 नारंगी रंग का कीमती पत्थर

hyaena (see hyena)

hyaline हाइअ-लिन *a* शीशे-जैसा, काचाभ, *n* (*poet*) निर्मल आकाश, शान्त समुद्र

hyaloid हाइअ-लॉइड *a* शीशे-जैसा पारदर्शक

hybrid हाइब्रिड *n* & *a* 1 दो भिन्न-जातीय प्राणियों या पौधों के मेल से पैदा होने वाला (प्राणी या पौधा), दोगला, दो-नस्ला, संकर, पैवन्दी (पौधा), दो-जातीय, मिश्रित, *fig* दो बेमेल तत्त्वों से बनी वस्तु, संकर, 2 ~ **bill** बिल जिसमें सरकारी और ग़ैर-सरकारी बिल की विशेषताएं हों, मिश्रित विधेयक; ~**ism**, ~**ity, hybridness** *nn* संकरता, दोगलापन

hybridize हाइब्रिडाइज़ *vt* & *i* (पशु आदि को) दोगला करना, संकर बनाना, संकर बनना, (पौधे में) पैवन्द लगाना, पैवन्दी बनना

hydra हाइड्र: *n* (*Gk. myth*) 1 अनेक सिरों वाला सर्प-विशेष जिसके सिर काट देने पर उनकी जगह नये सिर निकल आते थे, 2 (*fig*) ऐसी वस्तु या बात जिसका उन्मूलन कठिन हो, 3 *zool* जल-सर्प

hydrant हाइड्रन्ट *n* नल (वि० गली में लगा हुआ नल) जिसके मुंह में रबड़ की नाली लगाकर भूमिगत मुख्य नाली का पानी खींचा जा सकता है, नलका, बम्बा

hydrate हाइड्रेट *vt* (*chem*) जलयुक्त करना

hydraulic हाइड्रॉलिक *a* जलशक्ति से चालित, जल-चालित, द्रव-चालित, ~ **brake** द्रवचालित ब्रेक, ~ **press** द्रवचालित दाबक

hydraulics *n pl* द्रव-इंजीनियरी, द्रवशक्ति-विज्ञान, बिजली पैदा करने के लिए जल के उपयोग का विज्ञान

hydro हाइड्र *in comb*: = *Gk* hudro = *Skt* उदक (in *comb*: उद)

hydrocele हाइड्र-सील *n* अण्डकोष की वृद्धि

hydrochloric हाइड्र-क्लोरिक *a* हाइड्रोजन और क्लोरीन से युक्त, ~ **acid** नमक का तेज़ाब

hydro-electric हाइड्रो-इलेक्ट्रिक *a* पनबिजली का, विद्युत् का; **hydro-electricity** पनबिजली, जल-विद्युत्

hydrogen *n* हाइड्रोजन, उदजन; ~ **bomb** हाइड्रोजन बम (जिसमें कई करोड़ डिग्री के तापमान पर हाइड्रोजन परमाणुओं (isotopes) के संयोजन से भयङ्कर विस्फोट होता है)

hydrogenate हाइड्र-जनेट *n* हाइड्रोजन-युक्त करना, ~**d groundnut oil** मूंगफली का जमाया हुआ तेल; **hydrogenation** *n* हाइड्रोजन-संयोजन

hydrography हाइड्रॉग्रफि *n* नदी-नालों, चश्मों, झीलों, समुद्रों आदि का वैज्ञानिक वर्णन, जलसर्वेक्षण

hydrolysis हाइड्रॉलिसिस *n* जल के प्रयोग से यौगिक का विघटन, जलापघटन

hydropathic हाइड्र-पैथिक *a* जलचिकित्सा का

hydropathy हाइड्रॉपथि *n* जल के प्रयोग से चिकित्सा, जलचिकित्सा

hydrophobia हाइड्र-फ़ोबिअ *n* 1 (पागल कुत्ते के काटने से मनुष्य को होने वाला) पानी का डर, जलभीति, जलसन्त्रास, 2 आलर्क रोग

hydrophobic हाइड्र-फ़ोबिक *a* (f. prec) आलर्क रोग से पीड़ित, **जलभीत**

hydropsy *n* (*arch*) = dropsy

hydrostatics हाइड्र-स्टैटिक्स *n* स्थिर द्रव के दबाव का विज्ञान, द्रवस्थैतिकी

hydrous हाइड्रस *a* जिसमें जल का अंश हो, सजल, जलयुक्त

hyena, hyaena हाइ-ईन: *n* 1 लकड़बग्घा, 2 *fig* क्रूर या खूंखार या विश्वासघाती व्यक्ति

Hygeia हाइजीअ *n* स्वास्थ्य की देवी, स्वास्थ्य की मूर्ति, मूर्तिमान् स्वास्थ्य

hygiene हाइजीन *n* स्वास्थ्य-विज्ञान, सफ़ाई और स्वास्थ्य के नियम

hygienic हाइजीनिक *a* 1 स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यदायक [~ condition], 2 स्वच्छता का, सफ़ाई का; ~**ally** *adv* स्वास्थ्य के नियमों के अनुसार, स्वच्छता से, सफ़ाई से

hygrometer हाइग्रॉमिटर *n* हवा की नमी मापने का यन्त्र, आर्द्रतामापी,

hygrometry हाइग्रॉमिट्रि *n* नमी का मापना, आर्द्रतामिति

hygroscope हाइग्रस्कोप *n* हवा में नमी की विद्यमानता सूचित करने वाला यन्त्र; आर्द्रतासूचक यन्त्र, आर्द्रतादर्शी, **hygroscopic** *a* नमी से प्रभावित होने वाला, नमी खींचने वाला, आर्द्रताग्राही

Hymen^1 हाइमेन *n* (*Gk Rom myth*) विवाह का देवता; ~**eal** *a* वैवाहिक

hymen^2 *n* (*anat*) योनिच्छद; ~**al** *a* योनिच्छद का

hymn हिम *n* ईश्वरस्तुति का गीत, भजन, स्तोत्र, सूक्त; ~**-book** भजनावली

hymnal हिम्नल *a* & *n* स्तुति-संबंधी, स्तुत्यात्मक, स्तोत्रात्मक, सूक्तों का, *n* सूक्तसंग्रह, स्तोत्रसंग्रह

hymnody हिम्नडि *n* 1 स्तोत्र-गान, 2 (सारे) स्तोत्र, स्तोत्रसंग्रह

hymnology हिम्नॉल-जि *n* 1 स्तोत्र-रचना, 2 स्तोत्रों का अध्ययन, 3 (सारे) स्तोत्र, स्तोत्रसंग्रह

hyper- हाइपर = *Gk* huper = Skt उपरि = ऊपर, अधिक, अति, अत्यन्त (as in the following words)

hyperaesthesia हाइपरीस्थीजिअ *n* (शिराओं की, व्यक्ति की) अतिसंवेदनशीलता

hyperbaton हाइपर्बटॉन *n* (*rhet*) (कथन को प्रभावशाली बनाने के लिए) शब्दों के क्रम का उलटाना, शब्द-विपर्यय [*e.g.* this I must see]

hyperbola हाइ-पर्बल: *n* (*geom*) अतिपरिवलय

hyperbole हाइ-पर्बलि *n* बढ़ा चढ़ा कर कही गई बात, अत्युक्ति, अतिशयोक्ति

hypercritical हाइपर्क्रिटिकल *a* अत्यधिक

आलोचना करने वाला (वि० छोटी-छोटी त्रुटियों की); छिद्रान्वेषी,अत्यालोची

hypercriticism *n* आवश्यकता से अधिक आलोचना, अत्यालोचना, घोर आलोचना, छिद्रान्वेषण

hypermetropia हाइपरमिट्रोपिअ:*n* आँखों का रोग जिसमें व्यक्ति को साधारण से अधिक दूरी पर ही रखी वस्तु ठीक से दिखाई देती है, दीर्घदृष्टि, दूरदृष्टि (opp. myopia); **hypermetropic** *a* जिसे दूरदृष्टि रोग हो, दूरदृष्टि वाला

hypersensitive *a* अतिसंवेदनशील

hypertension *n* 1 अत्यधिक रक्तचाप ; 2 अतितनाव

hyphen हाइफ़न *n* & *vt* समासचिन्ह, योजकचिन्ह, हाइफन (-), *vt* =foll

hyphenate हाइफ़नेट *vt* 1 हाइफ़न लगा कर (दो शब्दों को) जोड़ना, हाइफ़न लगाना, 2 hyphenated Americans *e.g.* German-Americans, Irish-Americans, etc.

hypno in *comb*: *Gk* hupnos = *Skt* स्वप्न in the sense of निद्रा (as in the following words)

hypnosis हिप्नोसिस *n* कृत्रिम विधि से लाई गई गाढ़ निद्रा, जादू की नींद, सम्मोहन

hypnotic हिप्नॉटिक *a* & *n* 1 सम्मोहन करने वाला, सम्मोहनकारी, बेसुध कर देने वाला, सम्मोहन का, जादू का-सा, 2 निद्रा लाने वाला, निद्राजनक, *n* सम्मोहित व्यक्ति

hypnotism हिप्न-टिज़म *n* गाढ़ निद्रा-जैसी अवस्था जिसमें व्यक्ति दूसरे के इशारे से ही चेष्टाएं करता है; ऐसी अवस्था लाना, सम्मोहन, सम्मोहन-विद्या, जादू

hypnotist हिप्न-टिस्ट *n* सम्मोहन करने वाला, सम्मोहनकर्ता, जादूगर

hypnotize हिप्न-टाइज़ *vt* जादू से सुला देना, (किसी पर) जादू कर देना, जादू से वश में कर लेना, सम्मोहित करना

hypo *in comb*: = *Gk* hupo=*Lat* sub = *Skt* उप in the sense of 'under', 'inferior', 'next to', etc. *e.g.* hypodermic etc

hypochondria हाइप-कॉन्ड्रिअ: *n* रोग न होने पर रोग की आशंका, रोग का वहम, रोग-भ्रम, रोग भ्रम के कारण अवसाद या उदासी; ~c हाइप-कॉन्ड्रिऐक *a* & *n* रोग-भ्रम से पीड़ित (व्यक्ति), रोग-भ्रम के कारण उदास

hypochondriasis *n* = **hypochondria**

hypocrisy हि-पॉक्रिसि *n* (सद्गुणों का) दिखावा, बनावट, ढोंग, ढकोसला, पाखंड, दम्भ, कपट, आडंबर, मिथ्याचार

hypocrite हिप-क्रिट *n* दिखावा करने वाला, ढोंगी, दंभी, पाखंडी

hypocritical हिप-क्रिटिकल *a* 1 ढोंग का, दंभपूर्ण, 2 दंभी, ढोंगी, पाखंडी; ~ly *adv* दंभपूर्वक, दिखावा करते हुए, दिखाने के लिए, ऊपर से

hypodermic हाइप-डर्मिक *a* त्वचा के नीचे का, त्वचा के नीचे लगाया, जाने वाला [~ injection]

hypostasis हाइपॉस्ट-सिस *n* (*pl*- ases) 1 *metaphys*, असली चीज़, शुद्ध तत्व, निरुपाधितत्व, 2 *med* अंग के निचले भाग में रक्त का आधिक्य, रक्तसंकुलता

hypotenuse हाइपॉटि-न्यूज़ *n* (*geom*) समकोणीय त्रिभुज में समकोण के सामने का भुज, कर्ण

hypothecate हाइ-पॉथिकेट*vt* (माल) गिरवी या रेहन रखना, बंधक रखना; ~d *a* बन्धक रखा हुआ

hypothecation *n* (see prec)

hypothesis हाइपॉथिसिस *n* (*pl*- theses) तर्क करने के लिए फ़र्ज़ की गई (मूल) बात (जिस की सत्यता सिद्ध हो या न हो), वह बात जिसके आधार पर आगे तर्क किया जाये, कल्पना, मूल कल्पना, प्राक्कल्पना, परिकल्पना

hypothesize हाइपॉथिसाइज़ *vt* & *i* कल्पना करना, प्राक्कल्पना करना, (तर्क के लिए) कोई बात मान लेना, फ़र्ज़ करना

hypothetic,-al हाइपथेटिक(ल) *aa* फ़र्ज़ी, कल्पना पर आधारित, काल्पनिक, कल्पित, परिकल्पित

hypsometer हिप्सॉमिटर *n* (समुद्रतल से) ऊंचाई नापने का यन्त्र

hysteria हिस्टिअरिअ: *n* 1 (वि० स्त्रियों का) रोग जिसके लक्षण हैं, कंपकंपी, शरीर की ऐंठन, बेहोशी आदि; मूर्च्छा, दौरा, हिस्टीरिया; 2 व्यर्थ की उत्तेजना, अदम्य जोश, आवेश

hysteric,-al हिस्टेरिक(ल) *aa* 1 हिस्टीरिया का, 2 जिसे हिस्टीरिया का रोग हो, जिसे दौरा पड़ता हो या पड़ गया हो, to become hysterical दौरा पड़ना, 3 जल्दी जोश या आवेश में आने वाला; आवेशात्मक

hysterics हिस्टेरिक्स *n pl* दौरा, हिस्टीरिया में होने वाली कंपकंपी, ऐंठन आदि; to go into ~ दौरा पड़ना

I i

I,i आइ, अंग्रेजी वर्णमाला का नौवां वर्ण; *abbrs*: (*A*) **I.A.E.A.** (International Atomic Energy Agency) अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु-ऊर्जा अभिकरण; **I.A.T.A** (International Air Transport

Association) अन्तर्राष्ट्रीय विमान-परिवहन संघ; **I.C.A.O.** (International Civil Aviation Organization) अन्तर्राष्ट्रीय सिविल विमानन संघ; **I.C.B.M.** (inter-continental ballistic missile) अन्तर् महाद्वीपी प्रक्षेपास्त्र, **I.D.A.** (International Development Association) अन्तरष्ट्रीय विकास संघ; **I.L.O.** (International Labour Organisation) अन्तरष्ट्रीय श्रम संगठन; **I.M.F.** (International Monetary Fund) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष; **I.P.A.** (International Phonetic Alphabet) अन्तर्राष्ट्रीय स्वन-वर्णमाला; **I.R.B.M.** (Intermediate-range ballistic missile) मध्यम दूरी का प्रक्षेपास्त्र; **I.U.C.D.** (intra-uterine contraceptive device) अन्तर्योनि गर्भनिरोधक; गर्भनिरोधक छल्ला; (*B*) (*Latin*) **I.N.R.I.** (Jesus Nazarenus Rex Judaeorum)=Jesus of Nazareth, king of the Jews; i.e.=id est=इदमस्ति=यह (वही बात) है, अर्थात्, **ib** *or* **ibid=ibidem**=उसी (ग्रन्थ या अध्याय या पैरा या स्थान) में, वहीं

I *pron* & *n* मैं; *n* (*metaphys*) **the I**=ego अहम्, अहंभाव, अहंकार, आत्मा

iambic आइ-ऐम्बिक *a* & *n* (see foll) आइ-ऐम्बस गणों से बना छन्द

iambus आइ-ऐम्बस *n* (*pros*) दो अक्षरों (syllablyes) का गण, ⏑—, *i.e.* one short syllable followed by a long one.

Iberian आइबिअ-रिअन *a* & *n* प्राचीन आइबेरिया (अर्थात् संयुक्त स्पेन और पुर्तगाल) का, *n* आइबेरिया का निवासी, आइबेरिया की भाषा

ibex आइबे`क्स *n* यूरोप के ऐल्प्स (Alps) पर्वत पर पाई जाने वाली बकरी

ibidem इबिडे`म *adv* (see *abbrs*)

ibis आइबिस *n* (*pl* **ibises**) सारस-जैसा पक्षी जो उष्ण देशों की झीलों और दलदली भूमि में पाया जाता है

ice^1 आइस *n* 1 हिम, बर्फ़, 2 *fig* **to break the ice** कोई विषय छेड़ना, विषय पर बातचीत शुरू करना (also see break^1 2); **dry ice**=(trade name of) solidified carbon dioxide used as a refrigerant, 3 **on thin ice** (*fig*) ख़तरनाक स्थिति में; **to cut no ice with s.o.** को प्रभावित न करना, 4 *comb*: **~-age** हिम-युग; **~-bound** बर्फ़ से ढका या घिरा हुआ; **ice-cream** मलाई की बर्फ़, आइस-क्रीम

ice^2 *vt* 1 बर्फ़ से या बर्फ़ में रख कर ठण्डा करना, 2 बर्फ़ की तह से ढक देना, जमा देना, 3 केक आदि पर चीनी की तह जमाना

iceberg आइस्बर्ग *n* (समुद्र में) तैरती हुई बर्फ़ की बड़ी चट्टान, बहता हुआ हिमशैल; *fig* जल्दी आवेश में न आने वाला व्यक्ति; जल्दी न पसीजने वाला, कठोरहृदय व्यक्ति

ichneumon इक्न्यूमन *n* नेवले से मिलता-जुलता जन्तु (जो मगरमच्छ के अण्डे तोड़ने-फोड़ने के लिए प्रसिद्ध है), एक प्रकार का नेवला

ichor आइकॉर *n* 1 (*Gk. myth*) देवताओं की नाड़ियों में रुधिर की भांति बहने वाला द्रव, 2 *path* घाव से रिसने वाला कटु द्रव, **व्रण-स्राव**

ichthyo *comb form* मछली, मत्स्य; **~logical** *a* मछलियों के वर्णन का या वर्णन से संबंधित, मत्यस्यवर्णन का; **~logy** इक्थिऑ`ल-जि *n* मत्स्यवर्णन; **~phagous** *a* मछली खाने वाला, मत्स्याहारी, मत्स्यभोजी; **~phagy** इक्थिऑ`फ़गि *n* मछली खाना, मात्स्याहार

ichthyosaurus इक्थिअसॉरस *n* मगरमच्छ जैसा समुद्री जीव जो अब लुप्त हो चुका है

ichthyosis इक्थिओसिस *n* रोग जिसमें त्वचा खुश्क और कड़ी हो जाती, है त्वक्शुष्कता

icicle आइसिकल *n* (क्रमश: टपकते हुए जल-बिन्दुओं के जमने से बना) गावदुम हिमखण्ड, हिमवर्तिका, बर्फ़ की छड़ी, बर्फ़ की कलम

icing आइसिङ्ग *n* 1 (केक आदि पर) चीनी की परत, पाग, 2 विमान पर जमी बर्फ़

icon आइकॉ`न *n* मूर्ति, प्रतिमा, (*Gk. church*) सन्त, महात्मा आदि का चित्र जिसकी पूजा की जाती है

iconic आइकॉ`निक *a* 1 मूर्ति या प्रतिमा या चित्र का, मूर्ति या प्रतिमा के रूप में, मूर्तिमान्, 2 (of statues) परम्परागत शैली या नमूने का

iconoclasm आइकॉ`न-क्लैज़म *n* 1 मूर्तियों का तोड़ना, मूर्ति भंजन, प्रतिमा-भंजन, 2 *fig* रूढ़ियों या परम्परागत विश्वासों का खंडन

iconoclast आइकॉ`न-क्लैस्ट *n* 1 मूर्तिभंजक (वि० ऐसा व्यक्ति जिसने ग्रीक शाखा के गिरजाघरों में होने वाली मूर्तिपूजा के विरुद्ध आठवीं और नौवीं शताब्दी में किये गये आन्दोलन में भाग लिया था), मूर्तिपूजा का विरोधी, 2 *fig* रूढ़ियों या परम्परागत विश्वासों का विरोधी; **~ic** *a* 1 मूर्तिभंजन का, मूर्तिभंजी, 2 *fig*, रूढ़ियों के खंडन का, रूढ़ि-विरोधी

iconography आइकनॉ`ग्रफ़ि *n* 1 चित्रों के द्वारा विषय को स्पष्ट करना, 2 चित्रों या मूर्तियों के विषय पर लेख या पुस्तक, 3 मूर्तिविद्या, प्रतिमाविद्या, **iconolatry** *n* मूर्तिपूजा; **iconology** मूर्तिशास्त्र, प्रतिमाशास्त्र

icy आइसि *a* 1 बर्फ़ से ढका हुआ, हिमाच्छादित, 2 बर्फ़ानी, बर्फ़ीला, बर्फ़-जैसा ठण्डा, अति शीतल [~ hands, ~ room], 3 रूखा, शुष्क, स्नेहरहित, उत्साहरहित [~ manners, reception]

idea आइडिअ *n* 1 विचार, ख़्याल, मन में उठने वाली बात, 2 धारणा, कल्पना, संकल्प, भाव, 3 **general idea** रूप-रेखा, ख़ाका, संक्षेप, सार [to give a general idea of a book], 4 **What an idea!** (*colloq*) कितनी अजीब या फ़ज़ूल बात है! बिलकुल असंभव!; **that's an idea** (*colloq*) यह

सुझाव या बात विचार करने लायक है, 5 समझ, सूझ-बूझ, man of ideas सूझ-बूझ वाला आदमी, प्रत्युत्पन्न-मति मनुष्य, 6 मत, राय, भाव, आशय, अभिप्राय [That was not my ~]

ideal आइडिअल *a* & *n* 1 आदर्श, आदर्शस्वरूप, आदर्शभूत [~husband, wife], नमूने का, अनुकरणीय, बहुत अच्छा [~ weather for a holiday in the hills], 2 भावात्मक, भावरूप, भावमय, 3 काल्पनिक, कल्पनात्मक, ख़्याली, अवास्तविक, 4 भावविषयक, भाव-संबंधी, *n* बढ़िया अनमूना, **अनुकरणीय** बात या वस्तु, आदर्श

idealism आइडिअ-लिज़म *n* 1 (पदार्थ को) भावरूप में प्रस्तुत करना, भावात्मक निरूपण, कल्पनात्मक निरूपण (cf realism), 2 *philos* यह सिद्धान्त कि इन्द्रियों द्वारा ग्रहण किये जाने वाले पदार्थ का अस्तित्व केवल भावात्मक होता है, भावात्मवाद (cf realism), 3 आदर्शवाद, आदर्शवादिता

idealist आइडिअ-लिस्ट *n* (f. prec) 1 भावात्मवादी, 2 आदर्शवादी; ~**ic** *a* भावात्मक, आदर्शवादी

ideality आइडिऐलिटी *n* आदर्शरूपता; आदर्शवस्तु

idealization *n* भावात्मक निरूपण

idealize आइडिअ-लाइज़ *vt* 1 भावात्मक निरूपण करना, 2 अत्युत्तम या आदर्श रूप में प्रस्तुत करना या कल्पित करना

ideate आडिएट *vt* & *i* 1 कल्पना करना, धारणा बनाना, 2 मनन करना, सोचना,; **ideation** *n* मनन, विचारण, चिन्तन,

idée fixe ईदे फ़िक्स (F=**fixed idea**) *n* ऐसा विचार जो हर समय मन पर हावी रहे, ख़ब्त, सनक, एकोन्माद

identic **आइ-डें न्टिक** *a* (*diplom*) ~**note** अनेक राष्ट्रों द्वारा किसी अन्य राष्ट्र को भेजा गया एक-सा पत्र, अक्षरशः समान पत्र ; **2**=foll

identical आइडेंन्टिकल *a* 1 (of one thing viewed at different times) वही, अभिन्न, 2 (of different things) बिलकुल एक-जैसा, बिलकुल वैसा ही, सर्वथा समान, सर्वसम, तद्रूप, समरूप ~**ly** *adv* बिल्कुल उसी तरह, बिल्कुल एक ही तरह

identification *n* (f. foll) 1 अभेद प्रतिपत्ति, तादात्म्य, तद्रूपता, समानता, 2 पहचान, शनाख़्त, अभिज्ञान [~ mark, papers, parade], 3 निर्धारण, अभिनिर्धारण

identify आइडेंन्टिफ़ाइ *vt* 1 सर्वथा समान समझना या मानना, अभेद-प्रतिपत्ति होना [to ~ ~ sth **with** sth], 2 अपने आप को किसी से अभिन्न समझना, स्वयं किसी का अभिन्न अंग बनना, सम्मिलित होना, शरीक होना, से गहरा सम्बन्ध रखना, में गहरी दिलचस्पी लेना, सहानुभूति होना, [to ~ **oneself with a party, policy, etc**], 3 पहचानना, पहचान या शनाख़्त करना, 4 जानना, पता लगाना, निर्धारित करना

identity आइडेंन्टिटि *n* 1 समानता, पूर्ण समानता अभिन्नता, अनन्यता, अभेद, तद्रूपता, तादात्म्य, 2 अपनापन, वह विशेषता जिससे कोई पहचाना जाये, पहचान, शनाख़्त ~ **card** पहचान-पत्र, शनाख़्त कार्ड, 3 *alg* समानिका

ideogram,-graph *nn* भाव या पदार्थ का प्रतीक अक्षर, चित्राक्षर, भावचित्र (*e.g.* a numeral, Chinese characters)

ideological आइडिअ-लॉजिकल *aa* विचारधारा का, विचारधारा-संबंधी, विचारविषयक, सिद्धान्त का, सैद्धान्तिक, ~ propaganda विचारधारा का प्रचार

ideologist आइडिऑलजिस्ट *n* सिद्धान्त का प्रतिपादन करने वाला, सिद्धान्त-प्रतिपादक, सिद्धान्तकार

ideology आइडिऑल-जि *n* 1 (व्यक्ति या वर्ग का) विचार करने का ढंग, विचारपद्धति, विचारधारा, 2 सिद्धान्त (के आधारभूत विचार) [Marxist ~]; 3 *arch* ख़्याली पुलाव (पकाना), कोरी अटकलबाज़ी

ides आइड्ज़ *n pl* (*Rom ant*) मार्च, मई, जुलाई और अक्तूबर का १५वां दिन; शेष महीनों का १३वां दिन

id est L. इड्-एॅस्ट See *i.e.* under *abbrs*

idiocy इडिअसि *n* मूर्खता, मूढ़ता, जड़ता, बेवक़ूफ़ी

idiom इडिअम *n* 1 (देश-विशेष या समुदाय-विशेष का) बोलने का निजी ढंग, वाक्-शैली, 2 किसी भाषा की विशेषता, कहने का ढंग, मुहावरा, सिद्धप्रयोग

idiomatic इडिअ-मैटिक *a* 1 भाषा की विशेषता का, 2 भाषा की प्रकृति के अनुकूल, मुहावरेदार

idiosyncracy इडिअसिन्क्रसि *n* 1 (व्यक्ति का) विलक्षण स्वभाव, विलक्षण दृष्टिकोण, विलक्षणता, प्रकृति-वैशिष्ट्य,2 लेखक का निजी मुहावरा

idiot इडिअट *n* मूढ़, जड़, जड़बुद्धि, निर्बुद्धि, महामूर्ख, बेवक़ूफ़, अहमक़; ~**ic** इडिऑटिक *a* बेवक़ूफ़ी का, मूर्खता का, मूर्खतापूर्ण; ~**ically** *adv* मूर्खवत्, मूर्खों की तरह

idle¹ आइडल *a* 1 (of person etc.) जो काम न कर रहा हो, कार्यहीन, निष्क्रिय, बेकार, निठल्ला, निकम्मा, ख़ाली, in my ~ moments अपने खाली सयम में, 2 जो काम में न लाया जा रहा हो, अप्रयुक्त [~ capacity, money, resources], 3 सुस्त, आलसी, काहिल, निरुद्यम, 4 (of action, thought, word) बेकार, व्यर्थ, निकम्मा, निष्प्रयोजन, निरर्थक, बेमतलब, फ़ज़ूल, निष्प्रभाव, ~ threat भभकी, गीदड़ भभकी

idle² *vi* & *t* 1 ख़ाली होना या रहना या बैठना, बेकार रहना या होना, कुछ काम न करना, मक्खियां मारना या उड़ाना, 2 (of engine)**to** ~**(over)** यों ही चलना, 3 *vt* **to idle one's time away** बेकार रह कर समय खोना या गंवाना

idleness *n* 1 ख़ाली होना या बैठना, निष्क्रियता, बेकारी, निठल्लापन, 2 सुस्ती, आलस्य, काहिली, 3 निरर्थकता, व्यर्थता

idler आइड्लर *n* निठल्ला या बेकार या निकम्मा

आदमी, समय गंवाने वाला व्यक्ति

idol आइडल *n* 1 प्रतिमा या मूर्ति या बुत (जिसकी पूजा की जाये), 2 नकली या झूठा देवता; 3 व्यक्ति जिसके प्रति अगाध श्रद्धा हो, श्रद्धेय व्यक्ति, परम पूजनीय व्यक्ति [He is the idol of the nation]

idolater आइडॉल-टर *n* 1 मूर्तिपूजक, बुतपरस्त 2 (किसी व्यक्ति का) परम अनुरागी [~ of s.o.]

idolatrous आइडॉलट्रस *a* 1 मूर्तिपूजा का, मूर्तिपूजा-संबंधी, 2 मूर्तिपूजा करने वाला

idolatry आइ-डॉलट्रि *n* मूर्तिपूजा, बुतपरस्ती

idolization *n* (f. foll) देवतावत् पूजा

idolize आइडलाइज़ *vt* & *i* 1 (किसी को) देवता मानना, देवता की तरह पूजा करना , 2 किसी के प्रति अगाध अनुराग या श्रद्धा होना, बहुत स्नेह या प्रशंसा करना, 3 *vi* मूर्त्तिपूजा करना

idolum आइडोलम *n* मानसिक चित्र, कल्पना, भाव

idyll,-yl आइडिल *n* 1 (ग्राम्य जीवन के किसी अद्भुत दृश्य या घटना का सजीव चित्रण करने वाला) लघु गीत, गीतिका, ग्रामगीत, 2 गीतिका के उपयुक्त दृश्य या घटना, मनोरम दृश्य

idyllic आइडिलिक *a* 1 गीतिका का, गीतिका-संबंधी, 2 परमानन्ददायक, स्वर्गीय, अलौकिक

if इफ़ *conj* & *n* 1 यदि, अगर, जब भी; **if I were you** यदि मैं आपकी जगह होता, 2 if not वरना, नहीं तो, अन्यथा, 3 **as if** (i) मानों [He talks as if he were drunk], (ii) as if you didn't know तुम्हें अच्छी तरह पता है, तुम खूब जानते हो, *n* 1 शर्त, 2 अनुमान, कल्पना, धारणा, your **ifs and buts** आपकी शर्तें और एतराज़, आपके अगर-मगर

igloo इग्लू *n* एस्कीमो की गुंबदाकार झोंपड़ी

igneous इग्निअस *a* 1 अग्नि का, अग्निमय, आग्नेय, 2 ज्वालामुखी की क्रिया से उत्पन्न होने या बनने वाला [~ rock] [L *igneus* from *ignis*, Skt आग्नेय from अग्नि]

ignis fatuus इग्निस् फ़ैट्युअस (L=foolish fire) 1 दलदली प्रदेश में कभी यहां कभी वहां चमकने वाली रोशनी (जो संभवत मीथेन गैस के जलने से होती है), अगिया बैताल, छलावा, 2 (*fig*) झूठी आशा, मृगमरीचिका, माया, मिथ्याभास, धोखा, इन्द्रजाल

ignite इग्नाइट *vt* & *i* 1 आग लगाना, जलाना, सुलगाना; 2 *vi* जलना, जल उठना, सुलगना; **~r** *n* पलीता

ignition इग्निशन *n* (f. prec) ज्वलन, प्रज्वलन जलना, जलाना, सुलगाना

ignoble इग्नोबल *a* 1 नीच कुल का, अकुलीन, 2 नीच, अधम, कमीना, घृणित, ओछा, छिछोरा

ignominious इग्न-मिनिअस *a* बदनामी का, अकीर्तिकर, नाम को बट्टा लगाने वाला, अपमानजनक, ज़लील करने वाला

ignominy इग्नमिनि *n* 1 बदनामी, अपयश, कलंक, 2 कमीनापन, शर्मनाक काम, दुराचरण

ignoramus इग्न-रेमस *n* (*pl*- **muses**) जिसे कुछ पता न हो, अज्ञ, अनजान

ignorance इग्नरन्स *n* जानकारी का अभाव, पता न होना, अज्ञान, अज्ञानता, अनभिज्ञता, अविद्या, जहालत

ignorant इग्नरन्ट *a* जिसे पता न हो, अज्ञ, अनभिज्ञ, अनजान, बेख़बर, अनपढ़, अशिक्षित, जाहिल

ignore इग्नॉर *vt* 1 ध्यान न देना, ख़याल न करना [to ~ s.o.'s remarks], उपेक्षा करना, परवाह न करना [to ~ one's subordinates], नजर-अन्दाज़ करना, अनदेखी करना, 2 (of Grand Jury) to ~ a bill बिल को निराधार कह कर अस्वीकार कर देना, 3 न मानना, अस्वीकार करना, to ~ a complaint शिकायत नामंजूर कर देना

ignotum per ignotius इग्नोतुम् पर् इग्नोत्युस *n* मूल से कठिन व्याख्या, मथवा मूल विडौजा टीका

iguana इग्वान : *n* = guana

ikebana इकिबाना *n* फूल सजाने का जापानी ढंग, इकेबाना

Iliad इलिअड *n* 1 ग्रीक महाकवि होमर द्वारा रचित महाकाव्य जिसमें ट्राय (Troy) पर यूनानियों के आक्रमण का वर्णन है, 2 *fig* लम्बी कथा, लम्बा सिलसिला, **Iliad of woes** दु:खों की रामकहानी

ill इल *a* & *n* & *adv* 1 बीमार, रोगी, रुग्ण, अस्वस्थ, **to be, feel, ~** बीमार होना; **to fall ~, to be taken ~** बीमार पड़ना, 2 बुरा, खराब, दु:खदायी, कष्टप्रद, ~ effect बुरा प्रभाव; **to do s.o. an ~ turn** किसी के साथ बुराई करना, किसी का अपकार या अहित करना, किसी (के हितों) को हानि पहुंचाना, *Prov*: **It's an ~ wind that blows nobody good** प्राय: ऐसी कोई घटना नहीं होती जिससे किसी को भी लाभ न हो *n* 1 बुराई, ख़राबी, हानि, नुकसान, **to speak ~ of** s.o. किसी की बुराई या निन्दा करना, to do ~ हानि पहुंचाना, अहित करना, 2 (in *pl*) **ills** कष्ट, मुसीबतें, to suffer great ~s बहुत मुसीबतें झेलना, बहुत कष्ट उठाना; *adv* 1 बुरी तरह से, अपर्याप्त रूप से, to take sth ~ किसी बात को बुरा मानना, किसी बात पर नाराज होना, 2 to go ~ **with s.o.** किसी को कष्ट पहुँचना [It will go ill with you], 3 मुश्किल से, नहीं [I can ~ afford the expense], It ~ becomes him to speak thus ऐसी बात करना उसे शोभा नहीं देता, 4 **to be ~ at ease** अशान्त या घबराया हुआ या बेचैन होना, हड़बड़ाना; 5 *comb*: **~-advised** (i) अदूरदर्शिता का, नासमझी का, **~-bred** अशिष्ट, अविनीत, असभ्य, **~-fated** अभागा, बदकिस्मत, हतभाग्य; **~-gotten** बेईमानी से कमाया हुआ, हराम का [~-gotten gains]; **~-mannered** अशिष्ट, असभ्य; **~-starred** अभागा, बदकिस्मत, हतभाग्य; **~-timed** बेमौका, बे-वक्त, अनवसर-प्राप्त; **~-treat** दुर्व्यवहार करना, बुरा बर्ताव करना; **ill-will** बुरी

भावना, दुर्भावना, द्वेष, वैमनस्य

illation इ-लेशन *n* अनुमान, निष्कर्ष, परिणाम

illative इ-लेटिव *a* 1 (of words) अनुमान या निष्कर्ष बताने वाले वाक्यखंड को आरंभ करने वाला (शब्द), *e.g.* therefore, so, then, so then, etc., 2 अनुमानात्मक, निष्कर्षात्मक

illegal इलीगल *a* कानून के ख़िलाफ़, ग़ैर-कानूनी, अवैध; **illegal gratification** रिश्वत, घूस; **~ity** इलिगैलिटि *n* अवैधता; **~ly** *adv* अवैध रूप से, ग़ैर-कानूनी तौर से

illegible इलेॅजिबल *a* जो पढ़ा न जा सके, अपाठ्य

illegitimacy इलि-जिटि-मसि *n* 1 अवैधता, 2 जारजता, हरामीपन

illegitimate^{1} इलिजि-टिमट *a* & *n* 1 अवैध, 2 निराधार (अनुमान, निष्कर्ष, धारणा आदि), 3 जारज, हराम का, हरामी; *n* जारज (सन्तान), हराम की औलाद; **~ly** *adv* अवैध रूप से; अनुचित रूप से

illegitimate^{2} इलिजिटिमेट *vt* अवैध घोषित या सिद्ध करना

illiberal इ-लिबरल *a* 1 अनुदार, संकीर्ण-हृदय, तंग दिल, 2 अशिष्ट, गँवार, 3 कंजूस, कृपण, सूम

illicit इलिसिट *n* 1 अवैध, ग़ैर-कानूनी, अधर्म्य, अनुचित, नाजायज़, 2 निषिद्ध, बिना लाइसेंस का, [~ distillation]; **~ly** *adv* 1 अवैध रूप से, 2 बिना लाइसेंस के

illimitable इलिमि-ट-बल *a* असीम, अनन्त, अपार, बेहद

illiterate इलिट्‌रिट *a* & *n* निरक्षर, अनपढ़ अशिक्षित, जाहिल

illiteracy इलिट्‌-रसि, **illiterateness** *nn* निरक्षरता, अशिक्षा, जहालत

illness इल्‌नस *n* बीमारी, अस्वस्थता, रोग

illogical इलॉजिकल *n* तर्कविरुद्ध, तर्कहीन, तर्कशून्य, बेतुका; **~ity** इलॉजिकैलिटि *n* तर्कहीनता, बेतुकापन

illume इल्यूम *vt* (*poet*) आलोकित करना, प्रकाशमान करना

illuminate इ-लूमिनेट *vt* 1 रोशनी करना, उजाला करना, प्रकाशमान करना, आलोकित करना, प्रदीप्त करना [to ~ a room], 2 दीपमाला करना [to ~ a building etc on a festive occasion], 3 (व्यक्ति को) ज्ञान का प्रकाश देना, ज्ञानचक्षु खोलना, जगाना, उद्‌बोधन या प्रबोधन करना, 4 विषय पर प्रकाश डालना, विषय को स्पष्ट या विशद करना, व्याख्या करना, समझाना [to ~ a subject], 5 पांडुलिपि आदि में अध्याय के पहले अक्षर को सोने-चांदी के पानी या शोख़ रंगों से सजाना, सुसज्जित करना, चित्रित करना, अलंकृत करना

illumination इ-लूमिनेशन *n* 1 रोशनी, चमक, प्रकाश, प्रदीप्ति, जगमगाहट, दीपमाला, प्रकाश-व्यवस्था; 2 उद्‌बोधन, प्रबोधन, 3 व्याख्या, विशदीकरण, 4 (प्रथम अक्षर की) सजावट, अलंकरण

illumine इल्यूमिन *vt* =illuminate

illusion इल्यूश्ज़न *n* 1 धोखा, छल, प्रतारणा, वंचना 2 अविद्यमान पदार्थ का आभास, विद्यमान पदार्थ का इन्द्रियों द्वारा अन्यथा ग्रहण, मिथ्या आभास, भ्रम, भ्रांति, माया, मरीचिका, 3 भ्रम, ग़लतफ़हमी [to be under an ~; to have no ~s about s.o., sth]; **illusionism** *n* मायावाद; **illusionist** इल्यूश्ज़निस्ट *n* 1 संसार को मिथ्या या माया समझने वाला, मायावादी, 2 ऐन्द्रजालिक, जादूगर मायावी

illusive इल्यूसिव *a* = foll; धोखे का, मिथ्या, मायामय, भ्रांतिमय, भ्रमात्मक

illusory इल्यूसरि *a* मिथ्या आभास देने वाला, अभासी, अवास्तविक, मिथ्या, धोखे का

Illustrate इलस्ट्रेट *vt* 1 स्पष्ट करना, व्याख्या करना, उदाहरण या दृष्टान्त दे कर समझाना; का उदाहरण(-स्वरूप) होना; 2 वर्णन को चित्रों द्वारा स्पष्ट करना, 3 (पुस्तक, समाचार आदि को) चित्रों से सजाना, सचित्र करना, **~d** *a* 1 सोदहरण [~ talk], 2 सचित्र [~ edition]

illustration इलस्ट्रेशन *n* 1 उदाहरण (देना), दृष्टान्त (देना), मिसाल (देना); by way of ~ उदाहरण के तौर पर, 2 (पुस्तक, लेख आदि के विषय को स्पष्ट करने वाला) चित्र

illustrative इलस्ट्रटिव *a* 1 जिससे कोई बात स्पष्ट हो जाये, स्पष्ट करने वाला, व्याख्या करने वाला, 2 उदाहरण का काम देने वाला, उदाहरणस्वरूप; ~ of sth किसी बात का उदाहरण-स्वरूप

illustrious इलस्ट्रिअस *a* विख्यात, प्रसिद्ध, यशस्वी, ख्यातनामा, लब्धप्रतिष्ठ, नामी, मशहूर; **~ly** *adv* बड़ी शान से, धूम धाम से

image^{1} इमिज *n* 1 (देवता आदि की) प्रतिमा, मूर्ति, बुत, 2 मिलता-जुलता रूप, नकल, प्रतिबिम्ब, प्रतिरूप [He is the very ~ of his father; Did God create man in his own ~?], 3 *opt* प्रतिबिम्ब, छाया, परछाईं, अक्स, 4 उपमा रूपक, 5 विचार, ख़्याल, कल्पना; 6 जनता के मन में किसी व्यक्ति या दल या फ़र्म आदि के विषय में धारणा, छवि [We should try to improve our ~]

image^{2} *vt* 1 प्रतिमूर्ति बनाना, चित्र बनाना, 2 प्रतिबिम्बित करना, परछाईं डालना [The mountains are ~d in the lake], 3 कल्पना करना, मानसिक चित्र बनाना, [to ~ sth to oneself], 4 विशद वर्णन करना, सजीव चित्रण करना

imagery इमिज्‌रि *n* 1 *collect* प्रतिमाएं, मूर्तियां, प्रतिमावली, चित्रावली, 2 उपमाएं, रूपक [style full of ~]

imaginable इमैजि-न-बल *a* जिसकी कल्पना की जा सके, कल्पनीय [the greatest difficulty ~]

Imaginary इमैजिनरि *a* काल्पनिक, कल्पित, ख़्याली, मनगढ़न्त, अवास्तविक

imagination इमैजिनेशन *n* 1 अविद्यमान पदार्थ

का मानसिक चित्र बनाने की शक्ति, कल्पना, कल्पनाशक्ति; नई-नई बातें सोचने की शक्ति, प्रतिभा, सूझ-बूझ, 2 निराधार धारणा, भ्रम, ख़याल, वहम [It's nothing but your ~]

imaginative इमैजि-न-टिव *a* 1 प्रतिभाशाली, सूझ-बूझ, वाला, कल्पनाशील, 2 कल्पनात्मक, कल्पनाजन्य

imagine इमैजिन *vt* 1 मानसिक चित्र बनाना, ध्यान में लाना, कल्पना करना [I can ~ life in heaven]; ख़याल करना, सोचना, समझना [I can't ~ modern life without electricity]; 2 धारणा बनाना, फ़र्ज़ करना, मान लेना, मानना, राय रखना, 3 ख़याल होना, लगना, जान पड़ना; I ~d I heard a knock at the door मुझे लगा कि कोई किवाड़ खटखटा रहा है

imago इमेगो *n* (*pl*- gines,-gos) कीड़े के विकास की अन्तिम अवस्था (*e.g.* तितली), पूर्णकीट

imbalance इम्बैलन्स *n* संतुलन का अभाव, असन्तुलन

imbecile इम्बि-सील,-**साइल** *a* & *n* 1 मन्दमति, अल्पबुद्धि; मूर्ख, महामूर्ख, उल्लू, पागल, 2 मूर्खतापूर्ण, मूर्खता का [~ remark]; *n* पागल

imbecility इम्बिसिलिटि *n* 1 मन की दुर्बलता, मूढ़ता, मूर्खता, पागलपन, 2 in *pl* मूर्खतापूर्ण आचरण या वचन

imbibe इम्बाइब *vt* 1 (विचार आदि) अपनाना, अच्छी तरह ग्रहण करना, हृदयंगम करना [to ~ ideas, knowledge]; सीखना, 2 (जल आदि) पीना (हवा में) सांस लेना [to ~ fresh air], (नमी) सोख लेना, चूस लेना [to ~ moisture]

imbibition इम्बिबिशन *n* (f. prec) ग्रहण; आचूषण

imbricate^1 इम्ब्रिकेट *vt* & *i* (पत्तों, मछली के परों को) खपरैल की तरह एक-दूसरे के ऊपर रखना (या लगाना) या रखा होना (या लगा होना)

imbricate^2 *a* (see prec) एक-दूसरे के ऊपर रखेया लगे हुए, कोरछादी [~ structure], खपरैला

imbrication इम्ब्रिकेशन *n* (see imbricate) खपरैली सजावट

imbroglio इम्ब्रोलिओ *n* 1 (बिना क्रम के रखी हुई चीज़ों का) ढेर, 2 *fig* (वि० नाटक या राजनीति में) जटिल स्थिति, उलझाव, पेचीदगी

imbrue इम्ब्रू *vt* रंगना, सानना, लथपथ करना, (of hand or sword) ~d **in, with**, blood ख़ून से सना हुआ या लथपथ

imbue इम्ब्यू *vt* 1 भिगो देना, सराबोर करना, व्याप्त करना, संचार करना, डालना, भरना, मन में बिठाना [to ~ s.o. **with** an idea, a feeling, etc,], 2 रंगना

imitate इमिटेट *vt* अनुकरण करना, (किसी के) पद-चिन्हों पर चलना [to ~ s.o.'s style], नकल करना, [Parrots ~ human speech], (किसी के) सदृश होना या बनना [Wood painted to ~ marble]

imitation इमिटेशन *n* 1 अनुकरण, 2 अनुकृति नक़ल, in ~ **of** sth किसी चीज़ की नकल पर, 3 झूठी या नकली चीज़ (Beware of ~s), 4 (*attrib*) नकली, कृत्रिम [~ jewellery]

imitative इमि-टटिव *a* 1 (of person) अनुकरण करने वाला, के पद-चिन्हों पर चलने वाला, 2 (of sound etc) अनुकारी, नकल करने वाला, अनुकृति बनाने वाला, अनुकरणात्मक, **imitative arts**—चित्रकला, मूर्तिकला; 3 नकली, बनावटी, कृत्रिम, झूठा

immaculacy इमैक्यूलसि, **immaculateness** *nn* शुद्धता आदि (see foll)

immaculate इमैक्यूलट *a* 1 शुद्ध, निष्पाप, निष्कलङ्क, निर्दोष; I~ **Conception** मरियम का निष्पाप गर्भधारण, 2 (of dress) जिस पर कोई दाग़ या धब्बा न हो, बिल्कुल साफ़-सुथरा

immanence इम-नन्स *n* व्याप्ति, अन्तर्व्याप्ति

immanent इम-नन्ट *a* 1 अन्दर विद्यमान, अन्तर्व्याप्त, अन्तर्व्यापी, 2 (of God) कण-कण में या सारी सृष्टि में व्यापने वाला, सर्वव्यापक

immaterial इम-टिअरिअल *a* 1 अभौतिक, अशरीरी, अमूर्त, 2 महत्त्वहीन, सारहीन, **असार**, **तुच्छ**, अनावश्यक

immaterialism इमटिअरिअलिज़म *n* यह सिद्धान्त कि **भूतद्रव्य** केवल भासता ही है, वैसे उस का कोई अस्तित्व वहीं है, भूतद्रव्य की अवास्ताविकता का सिद्धान्त

immature इम-चुअर *a* 1 अपक्व, अपरिक्व, कच्चा, 2 जिसका उचित या निर्दिष्ट समय न आया हो, अप्राप्तकाल, अकालिक, असामयिक, समय से पहले का

immaturity इम-चुअरिटि *n* 1 अपक्वता, 2 अकालिकता

immeasurable इमेश्ज़-र-बल *n* जो नापा न जा सके, अमेय, अपरिमेय, अमित, अपरिमित, बहुत बड़ा, बहुत अधिक, विशाल, अपार

immediacy इमीड्यसि, **immediateness** *nn* (f. foll) अव्यवहितत्व, आनन्तर्य, सन्निकटता; अविलम्बता

immediate **इ-मीडिअट** *a* 1 (of person or thing in its relation to another) जिनके बीच में दूसरा कोई न हो, अव्यवहित, लगा हुआ, मिला हुआ, सटा हुआ, निकटक्रम [~ neighbour, neighbourbood], 2 (of action etc.) अविलम्ब या अनन्तर या तुरन्त होने वाला, अगला, अभी का, my ~ object मेरा पहला उद्देश्य; the ~ future निकटतम भविष्य; ~ reply अविलम्ब उत्तर, ~ need तात्कालिक आवश्यकता, फ़ौरी जरूरत

immediately *adv* & *conj* 1 तुरन्त, अविलम्ब, **शीघ्रातिशीघ्र**, फ़ौरन, अभी, इसी समय, (usu. with past tense) तत्काल, 2 सीधे, प्रत्यक्ष रूप से [This does not affect me ~]; *conj* ज्यों ही...त्यों

ही [Immediately he got the telegram, he came to me]

immemorial इमिमोरिअल *a* जिसका किसी को स्मरण न हो, स्मरणातीत, बहुत पुराना, अति प्राचीन; **from time immemorial** अनादि काल से, सदा से

immense इमें न्स *a* 1 अमित, अपरिमित, असीम, अपार, बेहद; *colloq* बहुत बड़ा, बृहत्, विशाल, बहुत अधिक, 2 *sl* बहुत बढ़िया; ~ly *adv* बहुत अधिक, अत्यन्त, [I enjoyed myself ~ly]

immensity इमें न्सिटि *n* विशालता, बृहत्ता, गुरुता

immerse इमर्स *vt* 1 (पानी आदि में) डालना, डुबाना, डुबोना, ग़ोता देना, बोरना (वि० बपतिस्मा देने के लिए), 2 (विचार, काम आदि में) मग्न करना, निमग्न करना, लीन करना, (ऋण-)ग्रस्त करना, (कठिनाई में) फंसाना, डालना (*usu in pass*: to be ~d in thought, work, debt, difficulties, etc विचारमग्न होना, कार्यलीन होना आदि

immersion इमर्शन *n* 1 निमज्जन, अवगाहन, डुबकी, गोता, 2 पूरा शरीर पानी में डुबो कर बपतिस्मा देना, 3 (विचार आदि में) तल्लीनता, मग्नता, 4 *astron* (एक नक्षत्र का दूसरे के पीछे) छिप जाना, निमीलन, 5 **immersion heater** पानी में डुबो कर उसे गरम करने का बिजली का हटीर, निमज्जन-हीटर

immigrant इमिग्रन्ट *a* & *n* विदेश से आकर बसने वाला, आवासी, आप्रवासी

immigrate इमिग्रेट *vi* विदेश से आकार बसना, आ बसना, आप्रवास करना

immigration इमिग्रेशन *n* आवसन, आवास, आप्रवास

imminence इमिनन्स *n* (f. foll) सन्निकटता

imminent इमिनन्ट *a* (of events, esp dangers) अभी होने या आने वाला, होने ही वाला, बिल्कुल पास, पास ही, सिर पर (आया हुआ); War is ~ युद्ध छिड़ने ही वाला है; The danger is ~ ख़तरा सिर पर (आ गया) है;

immiscible इमिसिबल *a* जो मिश्रित न किया जा सके, अमिश्रणीय

immitigable इमिटि-ग-बल *a* जो कम या हल्का न किया जा सके, अप्रशम्य

immixture *n* 1 मिलना, मिश्रण, 2 में फंसा होना, में शामिल होना [~ in]

immobile इमोबाइल *a* 1 जो हिल-डुल न सके, निश्चल, अचल, गतिहीन, स्थिर, गड़ा हुआ, 2 जो कहीं आ-जा न सके

immobilization *n* (f. foll) गतिहीनता

immobilize इमोबिलाइज *vt* 1 ऐसा गाड़ना कि हिल-डुल न सके, 2 (सेना को) स्थानान्तर में जाने के अयोग्य बना देना, कहीं आने जाने न देना, रोक लेना, घेर लेना, 3 (सिक्के का) चलन बन्द कर देना, (पूंजी को) बैंक से निकालना या काम में लाना रोक देना [to ~ specie, capital]

immoderate इमॉडरिट *a* 1 बहुत अधिक, बेहद, 2 संयमहीन, असंयमी, असंयत, संयमरहित

immodest इमॉडिस्ट *a* 1 बेशर्म, निर्लज्ज, अश्लील, 2 अविनीत, धृष्ट, गुस्ताख़; ~y *n* अविनय, धृष्टता गुस्ताख़ी

immolate इम-लेट *vt* 1 बलि (के पशु आदि) का वध करना, बलि देना, बलि चढ़ाना, 2 किसी चीज का दूसरी की ख़ातिर बलिदान करना [to ~ sth to sth]

immolation इम-लेशन *n* 1 (बलि के पशु आदि का वध, (पशु आदि की) बलि, क़ुरबानी, 2 बलिदान, त्याग; **immolator** *n* वध करने वाला; बलिदान करने वाला

immoral इमॉरल *a* 1 (of act) अनैतिक, मर्यादा के विरुद्ध, 2 (of person) पतित, आचारहीन, भ्रष्ट, दुराचारी

immorality इम-रैलिटि *n* अनैतिकता, मर्यादा का उल्लंघन, आचारहीनता, अनाचार

immortal इमॉर्‌टल *a* & *n* 1 अमर, सदा रहने वाला, अनश्वर, अविनाशी, अक्षय, नित्य, 2 दिव्य, दैवी, 3 *colloq* चिरस्थायी; *n* देवता; अमर कीर्ति वाला व्यक्ति या लेखक

immortality इमॉर्‌टैलिटि *n* अमरता, अनश्वरता, नित्यता

immortalize इमॉर्‌टलाइज *vt* 1 अमर बनाना, अमरत्व प्रदान करना, 2 अमर ख्याति प्रदान करना, 3 चिरस्थायी बनाना, सदा कायम रखना

immortelle इमॉर्‌टेल *n* काग़ज-जैसा फूल जिसका रंग उसके सूखने पर भी नहीं बिगड़ता, और जिससे क़ब्रों को सजाया जाता है, अमर पुष्प

immovable इमूव-बल *a* & *n* 1 जिसे हिलाया न जा सके, निश्चल, अचल, स्थावर [~ property], 2 अपरिवर्तनीय, अटल, 3 अचल, अडिग, स्थिर, दृढ़, दृढ़-संकल्प, 4 भावनारहित, आवेगरहित, जिस पर घबराहट आदि का कोई चिन्ह न हो, [~ face]; (*n pl*) **immovables** अचल संपत्ति, स्थावर संपदा *i.e.* जमीन, मकान आदि

immovability *n* 1 अचलता, निश्चलता, स्थिरता, दृढ़ता, 2 अपरिवर्तनीयता

immune इम्यून *a* & *n* 1 छूट-प्राप्त, 2 विमुक्त, जिस पर रोग आदि का असर न हो, रोगप्रभाव से मुक्त, (रोग आदि से) प्रतिरक्षित, रोधक्षम

immunity इम्यूनिटि *n* 1 *law* (टैक्स आदि से) छूट, विमुक्ति, उन्मुक्ति, 2 immunity from a disease etc रोग, विष आदि का असर न होना, (रोग से) बचा रहना, छुटकारा, रोगप्रभावमुक्ति, रोधक्षमता

immunization *n* (f. foll) प्रतिरक्षण

immunize इम्यूनाइज *vt* रोग-प्रभाव से मुक्त करना, रोग से बचाना या प्रतिरक्षित करना [to ~ s.o. against infection]

immunology इम्यूनॉ`ल-जि *n* रोग से बचाव का विज्ञान, रोगप्रतिरक्षा विज्ञान

immure इम्युअर *vt* क़ैद करना, चारदीवारी में बन्द करना या रखना, to ~ oneself अपने आप को (कमरे या मकान में) बन्द रखना, बाहर न निकलना; **immurement** *n* क़ैद, बन्धन

immutability *n* परिवर्तनहीनता, फेर-बदल न होना

immutable इम्यूट-बल *a* अपरिवर्तनीय, जिसमें कोई फेर-बदल न हो, हर सूरत में वैसा-ही या एक-सा रहने वाला

imp इम्प *n* 1 शैतान का बच्चा, भूतना, 2 नटखट या शरारती बच्चा

impact इम्पॅक्ट *n* & *vt* 1 आघात, समाघात, टक्कर, 2 प्रभाव, असर [This propaganda has no, a great, impact on the people]; *vt* ठूंसना, बैठाना, जमाना

impair इम्पे`अर *vt* 1 क्षति पहुंचाना, नुक्सान पहुंचाना, बिगाड़ना, 2 कमज़ोर करना, कम करना, क्षीण करना [to ~ eyesight, health, strength, etc]

impairment *n* क्षीण करना या होना, क्षति

impale इम्पेल *vt* मेख़ आदि ऐसे खुभाना कि (शरीर के) आर-पार हो जाये [to ~ the body, victim, etc], शरीर में मेख़ गाड़ कर मारना या प्राणदण्ड देना, सूली पर चढ़ाना; **~ment** *n* शूलारोपण

impalpability *n* (f. foll) दुर्ग्राह्यता

impalpable इम्पैल्प-बल *a* 1 स्पर्श से जिसकी अनुभूति न हो, स्पर्शातीत, अस्पर्शग्राह्य, 2 मन द्वारा जिसका ग्रहण न हो, दुर्ग्राह्य, अतिसूक्ष्म

impanel = empanel

imparadise इम्पैर-डाइस *vt* 1 (स्थान या देश को) स्वर्ग बना देना, 2 बहुत सुखी करना, परम सुख देना, आनन्दित करना

impart इम्पार्ट *vt* 1 देना, प्रदान करना, संचार करना [to ~ courage to someone], 2 देना, भेजना, पहुंचाना, बताना, सूचित करना, अवगत कराना [to ~ knowledge, instruction, news, etc to s.o.]

impartation, impartment *nn* (see prec.) संचार, प्रदान

impartial इम्पार्शल *n* 1 (of person, conduct) निष्पक्ष, पक्षपातरहित, 2 (of person) बेलाग, खरा, समदर्शी; **~ity** इम्पार्शिऐलिटि *n* निष्पक्षता; **~ly** *adv* निष्पक्षता से, निष्पक्ष हो कर

impartible इम्पार्टिबल *a* (of estate) जिसका बटवारा न हो सके, अविभाज्य

impassable इम्पास-बल *a* जिसे पार न किया जा सके, अलंघ्य, दुस्तर, दुर्गम, **impassableness,-bility** *nn* अलंघ्यता, दुस्तरता, दुर्गमता

impasse इम्पास *n* 1 बन्द गली, 2 (= deadlock) ऐसी स्थिति जिससे बच निकलना असंभव हो, कठिन या जटिल स्थिति, गतिरोध, जिच

impassible इम्पैसिबल *a* 1 = impassive, 2 *theol* दुःखातीत

impassion इम्पैशन *vt* भावनाओं को उभारना, उत्तेजित करना, जोश दिलाना (chiefy in *pp*); **~ed** appeal ज़ोरदार (शब्दों में) अनुरोध

impassive इम्पैसिव *a* 1 जिस पर किसी बात का असर न हो, शांत, शांतचित्त, आवेगरहित, उत्तेजनारहित, उदासीन, 2 जिस पर उद्वेग या घबराहट का चिन्ह न हो [~ face]; **~ness, impassivity** *nn* उदासीनता, अनुद्वेग; **~ly** *adv* बिना घबराहट के, उदासीनता से

impatience इम्पेशन्स *n* 1 असहिष्णुता, 2 उत्सुकता, अधीरता, उतावलापन, बेचैनी

impatient इम्पेशन्ट *a* 1 जो कष्ट को चुपचाप या धैर्यपूर्वक न सह सके, 2 असहिष्णु, न सह सकने वाला, न बरदाश्त करने वाला [~ **of** advice], 3 अति उत्सुक, उतावला, अधीर, विकल, बेचैन [~ **for** sth, **to do** sth], **~ly** *adv* अधीरता से, उत्सुकता से

impeach इम्पीच *vt* 1 निन्दा करना, आपत्ति करना, सन्देह करना, to ~ s.o.'s. probity किसी की ईमानदारी पर सन्देह करना, 2 किसी चीज में नुक्स निकालना [to impeach sth], 3 *law* मुकदमा चलाना, to ~ s.o. **for high treason** किसी पर महाभियोग लगाना; **~able** *n* 1 (of motive) आपत्तिजनक, निन्दनीय, सन्दिग्ध, बुरा, 2 (*law* : of person) जिसपर अभियोग लगाया जा सके, अभियोग लगाने योग्य; अभियोज्य; **~ment** *n* दोषारोपण, महाभियोग

impeccability *n* निष्पापता; निर्दोषता

impeccable इम्पैक-बल *a* 1 जो कभी पाप न करे, निष्पाप, पापरहित, 2 (of thing) जिसमें कोई नुक्स या त्रुटि न हो, निर्दोष [~ character, manners]

impecuniosity *n* निर्धनता, दरिद्रता

impecunious इम्पिक्यूनिअस *a* निर्धन, दरिद्र, कंगाल

impedance इम्पीडन्स *n* (*electr*) रुकावट, बाधा, अवबाधा, प्रतिबाधा

impede इम्पीड *vt* रोकना, रुकावट डालना या पैदा करना, अड़चन डालना, बाधा उपस्थित करना, [to ~ the traffic, progress, etc]

impediment इम्पे`डिमन्ट *n* 1 रुकावट, बाधा, अड़चन, 2 ~ of speech हकलाहट

impedimenta *n pl* (यात्रा का) सामान, असबाब (वि० सेना का)

impel इम्पे`ल *vt* 1 प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना, उकसाना [to ~ s.o. **to action, to do** sth], 2 आगे बढ़ाना, चलाना, धकेलना, ठेलना, रेलना [boat impelled by wind]

impend इम्पे`न्ड *vi* 1 लटकना, 2 (*fig:* of danger) सिर पर होना, सिर पर मंडराना, बिल्कुल पास या निकट होना; ~**ing** *a* (निकट भविष्य में) आने या होने वाला, सिर पर आया हुआ, निकट, आसन्न, आशंकित [impending war, danger, etc]

impenetrability *n* 1 अवेध्यता, अभेद्यता, 2 गहनता

impenetrable इम्पे`नि-ट्रबल *a* 1 जिसके भीतर प्रवेश न किया जा सके, जिसे बींधा न जा सके, अप्रवेश्य, अभेद्य, अवेध्य, अच्छेद्य, 2 जो समझ में न आ सके, जिसकी तह तक न पहुँचा जा सके, अगाध, गहन [~ mystery], 3 जिस पर (विचारों आदि का) असर न हो [~ **to** *or* **by** ideas etc]

impenetrate इम्पे`निट्रेट *vt* दूर तक घुस जाना

impenitence इम्पे`निटन्स *n* पश्चात्ताप का अभाव, पश्चात्तापहीनता

impenitent इम्पे`निटन्ट *a* न पछताने वाला, जिसे पश्चात्तापन हो, पश्चात्ताप-रहित

imperative इम्पे`र-टिव *a* & *n* 1 *gram* आज्ञा-सूचक, आदेशसूचक [~ mood, *e.g.* Come here], 2 आदेशात्मक, आज्ञात्मक, 3 आदेश देने वाला, हुक्म चलाने वाला, रोब जमाने वाला, रोबदाब वाला, प्रतापी, 4 अटल, अलंघनीय, आवश्यक, अवश्यकरणीय, अनिवार्य, [It is ~ **for** you to go],*n* आज्ञा या प्रार्थना सूचक लकार, लोट् लकार; ~**ness** *n* अवश्यकरणीयता, अलंघनीयता, अनिवार्यता

imperceptible इम्पर्से`प्ट-बल *a* 1 इन्द्रियों द्वारा जिसका ग्रहण न किया जा सके [~ **to** the naked eye], दुर्ग्राह्य, अव्यक्त, अस्पष्ट, अतीन्द्रिय, 2 बहुत थोड़ा, न के बराबर, नगण्य [an ~ difference], सूक्ष्म, बारीक, महीन, धीरे-धीरे या शनैः शनैः होने वाला

imperfect इम्पर्फ़िक्ट *a* & *n*1अपूर्ण, अधूरा, कच्चा, अपक्व, अपरिपक्व, 2 त्रुटिपूर्ण, सदोष, *n*, (*gram*) अपूर्ण भूतकाल, *e.g.* He was going

imperfection इम्पर्फ़े`क्शन *n* 1 अपूर्णता, अपरिपक्वता, 2 सदोषता , 3 दोष, त्रुटि, कमी, कसर, नुक्स

imperial इम्पिअरिअल *a* 1 साम्राज्य का, साम्राज्य-संबंधी, साम्राजिक, साम्राजी, **imperial, preference** (*hist*) ब्रिटिश साम्राज्य के अन्तर्गत देशों के लिए रियायत (अर्थात् इन देशों से आने वाले माल पर दूसरे देशों के माल की अपेक्षा कम आयात कर लगाना (N.B. *now* Commonwealth preference), 2 साम्रट् का, साम्राजिक, राजसी, शाही, 3 भव्य, शानदार, महिमान्वित, प्रतापशाली, महामहिम

imperialism इम्पिअ-रिअलिज़म *n* साम्राज्यवाद, साम्राज्य (के अन्तर्गत उपनिवेशो) की उपयोगिता में विश्वास

imperialist इम्पिअ-रिअलिस्ट *n* साम्राज्यवादी, सम्राट् या साम्राज्य-विस्तार का समर्थक; ~**ic** *a* साम्राज्यवादी, साम्राज्य-विस्तार का, साम्राजिक

imperil इम्पे`रिल *vt* (-ll-) खतरे या जोखिम में डालना, ख़तरा मोल लेना

imperious इम्पिअरिअस *a* 1 रोब जमाने वाला, धौंस जमाने वाला, गर्वीला, घमंडी, अभिमानी, उद्दण्ड, उद्धत, 2 उद्दण्डता का, औद्धत्यपूर्ण, 3 अत्यावश्यक, अवश्यकरणीय, अनिवार्य

imperishability, *nn* अनश्वरता, अमरता

imperishable इम्पे`रिश-बल *a*1अनश्वर, अविनाशी, अक्षय, अमर [~ fame], 2 न गलने-सड़ने वाला

impermanence *n* अस्थिरता, नश्वरता

impermanent इम्-पर्मनन्ट *a* 1 अस्थायी, अस्थिर, 2 नश्वर

impermeable *a* इम्पर्मिअ-बल *a* जिसके भीतर कोई चीज़ प्रवेश न कर सके, जिसके कोई आर-पार न जा सके, जिसमें कोई और चीज़ न व्याप सके, अप्रवेश्य, अपारगम्य, अव्याप्य, बिल्कुल ठोस

impersonal इम्पर्सनल *n* 1 जिसमें व्यक्ति स्वयं अपनी चर्चा न करे, अव्यक्तिवाचक [~ sytle], व्यक्तित्वहीन, 2 (*gram*) **impersonal verb** भाववाचक क्रिया *e.g.* it rains; it behoves me to do this.

impersonate इम्पर्सनेट *vt* 1 (गुण, भाव आदि का) मूर्तरूप होना, की मूर्ति होना, का अवतार होना 2 *theatr* का अभिनय करना, 3 (अन्य व्यक्ति का) रूप धारण करना, पर-रूप धारण करना, दूसरे के स्थान पर अपने को पेश करना, (अन्य व्यक्ति) बन बैठना, का भेस बनाना, (चुनाव में) दूसरे की जगह पर वोट देना, **impersonation** *n* 1 मूर्त रूप 2 अभिनय, 3 पररूप धारण, जाली रूप, भेस; **impersonator** *n* पररूप-धारी, छद्मवेषधारी, भेस बनाने वाला

impertinence इम्पर्टिनन्स *n* 1 गुस्ताख़ी, औद्धत्य, धृष्टता [It's the height of ~],2 *law* विचाराधीन विषय से असंबद्ध या असंगत होना, अप्रासंगिकता

impertinent इम्पर्टिनन्ट *a* 1 गुस्ताख़, उद्धत, धृष्ट, अविनीत; धृष्टतापूर्ण [He is an ~ boy; he made some ~ remarks], 2 *law* असंगत, अप्रासंगिक, असम्बद्ध, 3 बेतुका, अयुक्तियुक्त, ~**ly** *adv* 1 धृष्टता से, धृष्टतापूर्वक, 2 बिना प्रसंग के

imperturbability *n* धीरता, गंभीरता, धीर स्वभाव

imperturbable इम्पर्टर्ब-बल *a* जिसमें क्षोभ या घबराहट न हो, अक्षुब्ध, शान्त, शान्तचित्त, धीर-स्वभाव

impervious इम्पर्विअस *a* 1 अपारगम्य, अभेद्य, दुर्गम, बहुत घना [~ forest], 2 *fig* जिस पर (किसी बात का) असर न हो [~ **to** reason], (also see impenetrable)

impetigo इम्पिटाइगो *n* चर्मरोग जिसमें शरीर पर पीपदार फुंसियां निकल आती हैं, पामा

impetuosity, इम्पे`चुओ`सिटि **-tuousness** *nn* 1 प्रचण्डता, उग्रता, 2 जल्दबाज़ी, उतावलापन

impetuous इम्पे`चुअस *a* 1 प्रचण्ड, उग्र, जोरदार, जबरदस्त, 2 बे-सोच-समझे काम करने वाला, जल्दबाज, बेधड़क [an ~ person]; बे सोचा-समझा [an ~ remark]

impetus इम्पिटस *n* (*pl* -uses) 1 वेग, गति, जोर, बल, शक्ति, जोश, 2 *fig* धक्का, ठेल, प्रेरक शक्ति, प्रेरणा, उकसावा; **to give an ~ to** sth किसी काम या आन्दोलन को आगे बढ़ाना, प्रेरणा देना

impiety इम्पाइअटि *n* अपवित्रता, अधर्मिता, अधार्मिकता

impinge इम्पिन्ज *vi* 1 टकराना, स्पर्श करना [rays of light impinging **on** the eye], 2 प्रभाव, डालना, प्रभावित करना [to ~ **upon** the imagination]; 3 हस्तक्षेप या अतिक्रमण करना [to ~ **on, upon,** s.o.'s rights]

impious इम्पाइअस *a* अपवित्र, अपुण्य, पतित, गर्हित, दूषित, बुरा, दुष्ट, अधार्मिक, अधर्मी, नास्तिक, ईश्वर-निन्दक, वेद-निन्दक

impish इम्पिश *a* 1 नटखट बालक की तरह, 2 द्वेषपूर्ण, शरारत-भरा [~ laughter]

implacability *n* निष्ठुरता, न पसीजना

implacable इम्प्लैक-बल *a* जिसे मनाया न जा सके, जिसे प्रसन्न न किया जा सके, राज़ी न होने वाला, न पसीजने वाला, निष्ठुर [~ enemy]; दुदर्म्य [~ love, hatred]

implant इम्प्लान्ट *vt* 1 जमा देना, डाल देना, (कूट-कूट कर) भरना, to ~ a principle, an idea, **in** s.o. *or* **in** s o.'s **mind** किसी के मन में कोई सिद्धान्त या विचार बिठा देना, 2 रोपना, गाड़ना; **~ation** *n* प्रतिष्ठापन, आरोपण, निरोपण

implausible इम्प्लॉज़-बल *a* जो ठीक न जँचे, अमान्य

implement ^{1} इम्प्लिमन्ट *n* 1 औजार, उपकरण 2 in *pl* सामान, सामग्री, साधन [~s of war]

implement^2 *vt* कार्यान्वित करना, पालन करना, लागू करना, पूरा करना [to ~ one's promise; a plan, decision], **~tation** *n* परिपालन, (वचन, आज्ञा आदि का) पालन; (योजना आदि का) कार्यान्वयन

implicate इम्प्लिकेट *vt* 1 उलझाना, फँसाना, लपेटना, शामिल कर लेना [to ~ s.o. **in** a crime, scandal, etc], 2 (in *pass*) प्रभावित होना to be ~d in a thing's operation]

implication इम्प्लिकेशन *n* 1 फंस जाना, फँसाया जाना उलझ जाना, उलझाव, 2 आशय, अभिप्राय, विवक्षा, अभिप्रेत अर्थ, निहितार्थ, मतलब, मानी, संकेत; इशारा [What are the ~s of this announcement?]

implicit इम्प्लिसिट *a* 1 जो स्पष्ट शब्दों में न कहे जाने पर भी अभिप्रेत हो, माना हुआ, निहित [~ recognition of one's right], 2 **~ faith** (in sth) पूर्ण विश्वास, अंधविश्वास; ~ obedlence निरपेक्ष आज्ञाकारिता, बिना-शर्त हुक्म मानना, **~ly** *adv* पूर्णतः, सर्वभावेन, बिलाशर्त

implied *a* (*pp* f. imply) अभिप्रेत, उपलक्षित, निहित

implore इम्प्लॉर *vt* 1 सविनय याचना करना, सच्चे दिल से मांगना [to ~ s.o.'s forgiveness etc], 2 अनुनय-विनय करना, नम्र निवेदन करना, विनती करना, प्रार्थना करना [to ~ s.o. **to do** sth]; **imploringly** *adv* गिड़गिड़ा कर

imply इम्प्लाइ *vt* 1 (स्पष्ट शब्दों में न कहे जाने पर भी) अभिप्रेत होना, उपलक्षित करना या होना, ध्वनित करना या होना, 2 मतलब होना, अर्थ निकालना, समझा जाना, माना जाना, 3 शामिल होना, निहित होना

impolite इम्प-लाइट *a* अविनीत, अशिष्ट, उजड्ड

impolitic इम्पों`लिटिक *a* 1 बेसमझ, अविवेकी, विवेकहीन, अदूरदर्शी, 2 नासमझदारी का, अदूरदर्शिता का, जिससे काम न बने, जिसमें फ़ायदा न हो, अनुचित

imponderable इम्पॉन्ड-र-बल *a* 1 *phys* भारहीन, 2 बहुत हल्का, 3 *fig* जिसे आँका या कूता न जा सके, जिसका अन्दाज़ा न लगाया जा सके

import^1 इम्पॉर्ट *vt* 1 विदेश से (चीज़ या माल) लाना या मंगाना, (माल का) आयात करना [to ~ sth **into** India], 2 अर्थ होना, मतलब होना, संकेत करना, सूचित करना, अभिव्यक्त करना [to ~ that ...]; **~ation** *n* विदेश से माल मंगाना, आयात करना, आयातन, **~er** *n* माल मंगाने वाला, आयातकर्ता, आयातक

import^2 *n* 1 अर्थ, मतलब, [the ~ of a word], 2 आशय, अभिप्राय, [I did not grasp the full ~ of of his message], 3 महत्त्व [It's a matter of great ~], 4 (i) (usu in *pl*) बाहर से आने या मंगाया जाने वाला माल, आयात [What are our ~s; (ii) माल का मंगाना, आयात [~ of petroleum etc]

importance इम्पॉर्टन्स *n* 1 महत्त्व [a matter of great ~ to us], 2 गरिमा, प्रतिष्ठा, गौरव, ;man of ~ बड़ा आदमी, प्रतिष्ठित व्यक्ति

important इम्पॉर्टन्ट *n* 1 महत्त्व का, महत्त्वपूर्ण, आवश्यक, ज़रूरी, लाज़िमी, 2 (of person) बड़ा प्रतिष्ठित, सम्मानित, Very Important Person (V.I.P.) बहुत बड़ा आदमी, अति विशिष्ट व्यक्ति

importunate इम्पॉचुंनट *a* 1 आग्रह करने वाला, आग्रही, हठी, बहुत पीछे पड़ने वाला, 2 बहुत तंग करने वाला [~ creditor, visitor, etc], 3 (of affairs) बहुत ज़रूरी, जिसमें देर न की जा सके

importune इम्पॉर्ट्यून *vt* आग्रहपूर्वक प्रार्थना करना, साग्रह याचना करना, बहुत पीछे पड़ना

importunity इम्पॉर्ट्यूनिटि *n* साग्रह याचना

impose इम्पोज़ *vt & i* 1 (कर, शर्त, जुर्माना आदि) लगाना, (ज़िम्मेवारी) सौंपना, सिर पर डालवा,

लादना, थोपना [to ~ a tax, a fine, an obligation **upon** s.o.], 2 *arch* (एक चीज़ को दूसरी के) ऊपर रखना, 3 धोखे से चलाना या देना, [to ~ sth **on** s.o.], 4 *vi* (भव्यता, शान आदि से किसी पर) प्रभाव डालना, प्रभावित करना, रोब जमाना, धाक जमाना, 5 धोखा देना, ठगना, चकमा देना [to ~ **on** s.o.], to ~ **on s.o's good nature** किसी के भोलेपन से (अनुचित) लाभ उठाना

imposing इम्पोजिङ्ग *a* 1 (see prec) रोबीला, रोबदार, 2 भव्य, शानदार [~ spectacle]

imposition इम्प-ज़िशन *n* 1 (टैक्स आदि का) लगाना, लगना, आरोपण, 2 टैक्स, कर, शुल्क, चुंगी, 3 (कांम, कर्तव्य, ज़िम्मेवारी आदि का) लगाना, लगना, 4 थोपी गई चीज़, ज़िम्मेवारी आदि, 5 धोखा, ठगी, छल, कपट

impossibility इम्पॉसिबिलिटि *n* 1 असंभवता, अशक्यता, 2 असंभव बात, अनहोनी बात

impossible इम्पॉस-बल *a* 1 असंभव, असाध्य, अशक्य, 2 (*loosely*) कठिन, दुःसाध्य, दुष्कर, 3 (of story, account, etc) जिस पर विश्वास न आये, जो ठीक न जँचे, 4 ~ **person** व्यक्ति जिसके साथ पट न सके, जिसके साथ निर्वाह करना असंभव हो

impost¹ इम्पोस्ट *n* (*hist*) टैक्स, कर, शुल्क, चुंगी, महसूल, आयात-कर

impost² *n* स्तम्भ का ऊपर का सिरा (जिस पर मेहराब टिकी रहती है), पाये का सिरा, मेहराब का दासा

imposter इम्पॉस्टर *n* 1 दूसरे का भेस बनाने वाला, छद्मवेषधारी, बन बैठने वाला, ढोंगी, 2 ठग, धोखेबाज़

imposture इम्पॉस्चर *n* 1 बन बैठना, 2 ठगी, धोखा, छल, कपट, बेईमानी, ढोंग

impotence इम्प-टन्स *n* 1 नपुंसकता, नामर्दी, 2 अशक्तता, असमर्थता, निर्बलता, असहायता

impotent इम्प-टन्ट *a* 1 (of males) नपुंसक, नामर्द, 2 अशक्त, असमर्थ, निर्बल, असहाय, जो कुछ कर न सके, जिससे कुछ बन न पड़े [~ rage]

impound इम्पाउन्ड *vt* 1 (पशु को) बाड़े में बन्द कर देना, कांजीहौस में डाल देना, (व्यक्ति को) बन्द कर देना, 2 (नदी आदि के पानी को) रोक लेना, अवरुद्ध करना, बांध बना कर (पानी को) जमा करना, 3 *law* ज़ब्त करना, छीन लेना

impoverish इम्पॉव्रिश *vt* 1 निर्धन बना देना, धन हर लेना, चूस लेना, 2 शक्ति क्षीण कर देना, निर्बल कर देना, सत्त्वहीन या निस्सत्त्व करना; अनुर्वर बना देना [~ed land]; ~**ment** *n* 1 निर्धन हो जाना, चूसा जाना, चुसना, 2 बल या सत्त्व से रहित हो जाना, अनुर्वरता

impracticability, -bleness *nn* अव्यावहारिकता

impracticable इम्प्रैक्टि-कबल *a* 1 जिस पर अमल न हो सके, न हो सकने वाला, अव्यावहारिक, असाध्य, 2 (of person) जिसे सिखाया न जा सके, बेढब, बेकाबू, हठी, 3 (of road etc) जिस पर आना-जाना या यातायात असंभव हो

imprecate इम्प्रिकेट *vt* शाप देना [to ~ evil **on** s.o.];

imprecation *n* शाप (वि० उच्चारित शाप), **imprecatory** *a* शापात्मक, शाप का

impregnability *n* (see foll) दुर्जेयता

impregnable इम्प्रेग्न-बल *a* (of fortress etc) जिस पर कोई आक्रमण न कर सके, जिस पर शत्रु अधिकार न कर सके, जिसे जीता न जा सके, दुर्जेय, सुदृढ़, बहुत मज़बूत

impregnate इम्प्रेग्नेट *vt* 1 गर्भाधान करना, 2 (*biol*) संसेचन करना, संसिक्त करना, 3 व्याप्त करना, भरना, पूरा भर देना [to ~ sth **with** sth], 4 (भावना, सद्गुण आदि) का संचार करना, से ओत-प्रोत करना, कूट-कूट कर भरना [to ~ s.o. **with** feelings, moral qualities, etc]

impresario इम्प्रेसारिओ *n* (गान-मंडली, नाटक-मंडली आदि का) संयोजक, प्रबंधक

imprescriptible इम्प्रिस्क्रिप्टिबल *a* जिसे ज़ब्त न किया जा सके, जिसे छीना न जा सके [~ right]

impress¹ इम्प्रेस *n* 1 ठप्पा, मोहर, मुद्रा, 2 (मुद्रा आदि का) निशान, छाप, चिन्ह, 3 *fig* (गुण, प्रतिभा आदि की) छाप [the ~ of genius]

impress² *vt* 1 मोहर या ठप्पा लगाना, छाप या छापा लगाना, मुद्रांकित करना, निशान लगाना, 2 दिल में बिठाना, अच्छी तरह समझाना [to ~ an idea etc **upon** s.o.; to ~ s.o. **with** an idea etc], 3 प्रभावित करना, प्रभाव डालना [His frankness ~ed me]

impression इम्प्रेशन *n* 1 ठप्पा, छाप, छापा, निशान, चिन्ह, मोहर, मुद्रा, 2 छपाई, छपी हुई प्रति, एक बार में छपी (पुस्तक की) प्रतियां, संस्करण, बिना संशोधन किये दुबारा-तिबारा छपी (पुस्तक की) प्रतियां, आवृत्ति, 3 (हल्का सा) ख़्याल, विचार, धारणा, मत, राय [**I was under the ~ that...**], प्रभाव, असर [to make a good, bad, ~ **on** s.o.], 4 संस्कार [the ~s of childhood, of previous births].

impressionability *n* संस्कारग्राहिता, संस्कार ग्रहण करने का गुण

impressionable इम्प्रेश-न-बल *a* शीघ्र या आसानी से प्रभावित होने वाला, प्रभाव या संस्कार ग्रहण करने वाला, प्रभावग्राही, संस्कारग्राही

impressionism इम्प्रेश-निज़म *n* (*art*) बिना ब्योरा दिये सामूहिक प्रभाव डालने की शैली, प्रभाव-वाद

impressionist इम्प्रेशनिस्ट *n* सामूहिक प्रभाव डालने की शैली अपनाने वाला, प्रभाववादी

impressive इम्प्रेसिव *a* प्रभावशाली, प्रभावोत्पादक, गहरा प्रभाव डालने वाला, मर्मस्पर्शी, मोह लेने वाला, मनोमुग्धकारी, आकर्षक, भव्य, शानदार [~ ceremony]; ~**ly** *adv* प्रभावोत्पादक या प्रभावशाली या मर्मस्पर्शी ढंग से, ~**ness** *n* प्रभावोत्पादकता, भव्यता

imprest इम्प्रे`स्ट *n* (सरकारी खर्च के लिये दिया गया) अग्रिम धन, पेशगी, अग्रदाय

imprint^{1} इम्प्रिन्ट *n* **1** छाप, ठप्पा, निशान, मोहर, मुद्रा, **2 publisher's imprint** प्रकाशक का नाम, पता आदि (जो पुस्तक के मुखपृष्ठ या अन्तिम पृष्ठ पर दिया जाता है)

imprint^{2} *vt* **1** (आकृति आदि) अंकित करना, छापना, निशान बनाना [to ~ a figure etc **on** sth; **to** ~ sth **with** a figure etc]; **2** दिल में बिठाना, मन पर अङ्कित करना [to ~ an idea etc **on, in,** s.o.'s mind], **3** (गुण आदि की) छाप लगाना

imprison इम्प्रिज़न *vt* कैद करना, बन्दी बनाना, बन्द कर देना; ~**ment** *n* कैद, कारावास, बन्दीकरण

improbability इम्प्रो`ब-बिलिटि *n* असंभाव्यता

improbable इम्प्रो`ब-बल *a* जिसके (घटित या सत्य) होने की संभावना बहुत कम हो, जो सत्य न जान पड़े, असंभाव्य

improbity इम्प्रोबिटि *n* **1** दुष्टता, **2** बेईमानी

impromptu इम्प्रो`म्प्ट्यू *adv, a* & *n* बिना तैयारी के (किया जाने वाला), बिना तैयारीका, *n* तत्काल प्रस्तुत या रचित (नृत्य, संगीत, कविता आदि)

improper इम्प्रो`पर *a* **1** अनुचित, अनुपयुक्त, अशोभनीय, नामुनासिब, **2** ग़लत, अशुद्ध, **3** (*math*) **improper fraction** एक से बड़ा भिन्न, असाधारण भिन्न, *e.g.* 3/2

impropriate इम्प्रोप्रियेट *vt* पादरी की संपत्ति या आय दूसरों को देना, मन्दिर आदि धर्म-संस्था की संपत्ति को राजकीय या लौकिक व्यवहार में लाना

impropriation *n* (see prec)

impropriety इम्प्र-प्राइअटि *n* **1** अनौचित्य, अशोभनीयता, अभद्रता, अशिष्टता, **2** ग़लती, ग़लत व्यवहार, मूर्खता [to commit improprieties]

improvable इम्प्रूव-बल **1** जिसे सुधारा जा सके, सुधारयोग्य, **2** जिस पर खेती की जा सके, कृषियोग्य

improve इम्प्रूव *vt&i* **1** सुधारना, सुधार करना, सुधरना, सँवारना, सँवरना, **2** उन्नति करना, प्रगति करना, उन्नत बनाना या बनना, **3 to** ~ **the occasion, the opportunity** अवसर से पूरा-पूरा लाभ उठाना, अवसर का सदुपयोग करना to ~ **upon** sth किसी चीज से बेहतर चीज बनाना, **4** to ~ **on** s.o.'s offer किसी से ज्यादा कीमत पेश करना, किसी से बढ कर बोली देना

improvement *n* **1** सुधार, उन्नति, प्रगति, **2** to be an ~ **on sth** किसी से अपेक्षाकृत अच्छा होना, किसी से बढ़कर होना

improvidence इम्प्रो`विडन्स *n* अदूरदर्शिता, लापरवाही

improvident इम्प्रो`विडन्ट *a* **1** अदूरदर्शी, अविवेकी, ध्यान न देने वाला, लापरवाह, अदूरदर्शिता का, विवेकशून्य, **2** फ़ज़ूलखर्च, अपव्ययी

improvisation इम्प्रवाइज़ेशन *n* बिना तैयारी के तत्काल की गई रचना या क्रिया, आशु-रचना, आशुक्रिया; कामचलाऊ व्यवस्था

improvise इम्प्रवाइज़ *vt* तुरन्त या तत्काल करना, रचना, बनाना, देना आदि [to ~ verses, music, a shelter, etc.], to ~ a poem आशु-कविता करना [also see extemporize], ~**ed** *a* (काम चलाने के लिए) तत्काल रचित, आशु रचित,

imprudence इम्प्रूडन्स *n* अदूरदर्शिता, विवेकहीनता, बे सोचे-समझे काम करना, नासमझी

imprudent इम्प्रूडन्ट *a* **1** अदूरदर्शी, अविवेकी, विवेकहीन, बेसोचे-समझे काम करने वाला, जल्दबाज, **2** (of action) अदूरदर्शिता का, बे सोचा-समझा

impudence इम्प्यूडन्स *n* औद्धत्य, घृष्टता, दुस्साहस, गुस्ताखी, निर्लज्जता

impudent इम्प्यूडन्ट *a* उद्धत, घृष्ट, दुस्साहसी, गुस्ताख, निर्लज्ज

impudicity इम्प्युडिसिटि *n* निर्लज़्जता

impugn इम्प्यून *n* **1** आपत्ति या एतराज़ करना [to ~ an action], **2** सन्देह करना, झूठा बताना, गलत बताना, मानने से इन्कार करना [to ~ a piece of evidence]; ~**ment** *n* आपत्ति, विरोध, प्रतिवाद, खण्डन

impuissance *n* (f. foll) अशक्तता, असमर्थता

impuissant इम्प्युइसन्ट *a* अशक्त, असमर्थ, निर्बल

impulse इम्पल्स *n* **1** धक्का, ठेल, **2** (बिना पूर्व-विचार के एकाएक काम करने की) इच्छा, चित्त की प्रबल प्रवृत्ति, मनोवेग, आवेग, तरंग, उमंग, मौज, लहर [My first ~ was to...], **3** प्रेरणा, आगे बढ़ाना, बढ़ावा, प्रोत्साहन [to give an ~ to industry, education]

impulsion इम्पल्शन *n* (see prec) प्रोत्साहन, प्रेरण; प्रेरणा

Impulsive इम्पल्सिव *a* **1** (of force) धकेलने या ठेलने वाला, प्रेरक, **2** (of person) मन में विचार उठते ही काम में प्रवृत्त होने वाला, एकाएक काम करने वाला, मनमौजी, तरंगी, **3** (of conduct) बिना सोचे तत्काल किया हुआ, सहसाकृत; ~**ness** *n* एकाएक काम करने की प्रवृत्ति, अविमृश्यकारिता

impunity इम्प्यूनिटि *n* दण्ड न मिलना, दण्ड से छूट, with impunity बिना दण्ड पाये, बिना दुःख या कष्ट उठाये

impure इम्प्युअर *a* **1** गन्दा, मैला, मलिन, दूषित, **2** अशुद्ध, अपवित्र, **3** मिलावटी, मिश्रित; **impurity** *a* **1** गन्दगी, मैल, मैलापन, **2** अशुद्धता, अपवित्रता, **3** मिलावट, अपद्रव्य

imputation इम्प्युटेशन *n* (दोष आदि का) आरोपण या लगाना; दोष, अपराध (जो किसी पर लगाया जाये), लांछन, आरोप

impute इम्प्यूट *vt* मत्थे मढ़ना, सिर थोपना, (दोष, अपराध आदि) लगाना,आरोपित करना [to impute an action, a fault, etc. to s.o.]

in^1 इन *prep*, *adv*, *n* & *a* I *prep* (expressing inclusion or position within limits of space, time, circumstance, etc), में, अन्दर, भीतर, [(of place) in India, ın Delhi, in the forest, (*of time*) in three minutes, in five months, in summer, in winter, etc, (*of circumstance etc*) in difficulty], करते हुए, करने में [in crossing the river]; II *adv* (*expressing position bounded by certain limits or motion to a point enclosed bv them*) में,अन्दर, भीतर, [The doctor is in.], The Conservatives are in कन्ज़र्वेटिव दल ने (शासन-) सत्ता संभाल ली हैं; **day in, day out** प्रतिदिन, कई दिनों तक; **week in, week out** प्रति सप्ताह, कई सप्ताह तक; हफ़्तों, **year in, year out** प्रति वर्ष, कई वर्षों तक, बरसों; **in between** बीच (-बीच) में, थोड़ी-थोड़ी दूरी पर, थोड़ी-थोड़ी देर बाद; **to be in for** (i) अप्रिय अनुभव होने वाला होना, सहना या भुगतना पड़ना [He is in for trouble]; III *n* **the ins and outs of a** matter किसी मामले से संबंधित सब बातें, किसी मामले के सब पहलू; **the** ins and outs of a house मकान का कोना-कोना; IV *adj* अन्दर का, भीतरी, अन्तरङ्ग, **in-patient** अस्पताल में भरती हुआ रोगी, अन्तरङ्ग रोगी

in^2 *L prep*, **in extenso** विस्तार सहित, विस्तृत, पूरे का पूरा; **in loco parentis** माता या पिता के स्थान में, **in memoriam** की स्मृति में; **in status quo** पूर्व स्थिति में, यथापूर्व, **in toto** पूर्णतया; सारे का सारा

inability इन-बिलिटि *n* 1 अयोग्यता, असमर्थता, अक्षमता, विवशता, बेबसी, 2 अकुशलता, अयोग्यता, नालायकी, 3 साधनहीनता, हैसियत न होना, बिसात न होना

inaccessibility *n* 1 अगम्यता, 2 अधृष्यता (see foll 2)

inaccessible इनक्सेस-बल *a* 1 जहां पहुंचा न जा सके, पहुंच के बाहर, अगम्य, अगम, दुरासद, 2 (of person) जिसे प्रेम-प्रस्ताव द्वारा फुसलाया न जा सके, अधृष्य

inaccuracy इनैक्युरसि *n* ग़लती, अशुद्धता, अशुद्धि, अयथार्थता

inaccurate इनैक्युरट *a* ग़लत, अशुद्ध, अयथार्थ

inaction इनैक्शन *n* निष्क्रियता अकर्मण्यता, कुछ न करना, आलस्य, जो हो सो होने देना

inactive इनैक्टिव *a* निष्क्रिय, निर्व्यापार, अकर्मण्य, आलसी, सुस्त, शान्त, चुप, बन्द, **inactivity** *n* = inaction

inadaptability *n* परिस्थिति के अनुसार ढल न सकना या अपने आपको ढाल न सकना, अननुकूलनीयता

inadaptable इन-डैप्टबल *a* अननुकूलनीय

inadequacy इनैडिक्वसि *n* 1 अपर्याप्तता, 2 अक्षमता, त्रुटि [inadequacies of our language]

inadequate इनैडिक्वट *a* 1 अपर्याप्त, नाकाफ़ी, [~ **for** a purpose, **to do** sth],2 अक्षम, असमर्थ

inadhesive *a* न चिपकने वाला

inadmissible इनड्-मिस-बल *a* जिसे स्वीकार न किया जा सके, जिसे माना न जा सके, अस्वीकार्य, अमान्य [~ evidence, proof, statement]

inadvertence, -cy इनड्वर्टन्स,-न्सि *nn* अनवधानता, असावधानी, लापरवाही, भूल, चूक, प्रमाद

inadvertent इनड्-वर्टन्ट *a* 1 पूरा ध्यान न देने वाला, असावधान, लापरवाह, 2 (of action) जो जान-बूझ कर न किया गया हो, बिना इरादे के किया हुआ; ~**ly** *a* 1 बिना जाने-बूझे, बिना इरादे के,2 लापरवाही से, गफ़लत से, ग़लती से, यों ही

inalienable इनेलिय-न-बल *a* जो दूसरे को न दिया जा सके, अहस्तान्तरणीय, जो छीना न जा सके, अहरणीय [~ right, property, etc]

inalterable इनॉल्ट-र-बल *a* अपरिवर्तनीय

inane इनेन *a* 1 ख़ाली, शून्य, रिक्त, **the inane** अनन्त आकाश, 2 मूर्ख, पागल, निर्बुद्धि, 3 मूर्खतापूर्ण [~ remark]

inanimate इनैनिमेट *a* निष्प्राण, निर्जीव, बेजान, अचेतन, जड़, ~ nature अचेतन या जड़ सृष्टि, प्राणिमात्र से भिन्न जगत्

inanition इन-निशन *n* (निराहार रहने से होने वाली) कृशता, दुर्बलता, बुभुक्षा, भूख, क्षुधा

inappeasable इन-पीज़-बल *n* जिसे मनाया न जा सके, जिसे शान्त न किया जा सके, अतोषणीय

inapplicable इनैप्लिकबल *a* जो लग न सके, जो लागू न हो सके, अनुपयुक्त, असंगत

inapposite इनैप-ज़िट *a* 1 अनुपयुक्त, अनुचित, ग़लत, 2 असंगत, अप्रासंगिक

inappreciable इन-प्रीश-बल *a* 1 इतना कम कि महसूस न किया जा सके, जिसकी अनुभूति न हो सके, बहुत थोड़ा, नगण्य, न के बराबर, 2 जो प्रशंसनीय न हो

inappropriate इनप्रोप्रियेट *a* 1 अनुचित, अनुपयुक्त, ग़लत, 2 असंगत, असंबद्ध

inapt इनैप्ट 1 अनुचित, अनुपयुक्त [~ remark], 2 अनाड़ी, अकुशल, अदक्ष, अयोग्य

inaptitude इनैप्टिट्यूड *n* अनाड़ीपन, अकुशलता, अयोग्यता [~ for sth]

inaptness *n* अनौचितत्य, अनुपयुक्तता

inarticulate इनारटिक्युलिट *a* 1 जो ठीक तरह जुड़ा हुआ न हो, विशृंखल, 2 (of speech) जिसका उच्चारण ठीक न हुआ हो, अस्पष्ट, समझ में न आने वाला, 3 (of person) जो स्पष्ट न बोल सके, ~ with rage क्रोध के कारण हकलाता हुआ, 4 गूंगा, मूक

inartificial *a* अकृत्रिम, स्वाभाविक, सहज

inartistic *a* 1जो कलात्मक न हो, अकलात्मक, भद्दा, भोंडा, 2 कला से अनभिज्ञ, कलाविहीन

inasmuch as इनज़् मच्-अज़ *conj phr* चूंकि, क्योंकि

inattention इनटें‌शन *n* 1 अनवधानता, असावधानी, लापरवाही, 2 आदर-सत्कार न करना, उपेक्षा

inattentive इन-टें‌न्टिव *n* 1 ध्यान न देने वाला, जिसका ध्यान अन्यत्र हो, लापरवाह, 2 आदर-सत्कार न करने वाला; ~ness *n* अनवधानता, अन्यमनस्कता

inaudibility *n* अश्रव्यता, सुनाई न पड़ना

inaugural अनॉग्युरल *a* उद्घाटन-संबंधी, उद्घाटन के अवसर का, ~ address उद्घाटन-भाषण

inaugurate इनॉग्युरेट *vt* 1 (समारोह के साथ कार्य, नई पद्धति आदि) आरंभ करना, (संस्था, भवन, पुल आदि का) उद्घाटन करना, 2 (पादरी आदि को विधिपूर्वक) पद पर प्रतिष्ठित करना, अभिषेक करना [to ~ a president etc]

inauguration इनॉग्युरेशन *n* 1 आरंभ, सूत्रपात, उपक्रम, 2 उद्घाटन, 3 अभिषेक [the ~ of the President]

inauspicious इनॉस्पिशस *a* अशुभ, अमंगल, मनहूस

inborn *a* सहज, जन्मजात, स्वाभाविक, नैसर्गिक

inbred *a* 1=inborn; 2(of horse etc,) उसी नसल का

inbreeding *n* एक ही नसल के पशुओं से प्रजनन, सजातीय प्रजनन

incalculable इन्कैल्क्यु-ल-बल *a* 1 बेहिसाब, बेशुमार, असंख्य, अनगिनत, बहुत अधिक, 2 जिसका पहले से अनुमान न किया जा सके, 3 अस्थिर-चित्त, चंचल, अनिश्चित, जिसपर भरोसा न किया जा सके [~ temper, person, character]

incandescence *n* तापदीप्ति (see foll)

incandescent इन्कैन्-डें‌सन्ट *a* गरम हो कर जगमगाने वाला या प्रकाश देने वाला, तापदीप्त, उदीप्त, प्रकाशमान, ~ **light** धातु के तार के गरम होने से पैदा होने वाला प्रकाश, तापदीप्ति

incantation इन्कैन्टेशन *n* 1 (जादू का) मन्त्र, जादू-टोना, टोटका, 2 मंत्र का प्रयोग, झाड़-फूंक, अभिचार

incapability इन्केप-बिलिटि *n* 1 असमर्थता, अक्षमता, 2 निश्चेष्टता

incapable इन्केप-बल *a* 1 असमर्थ, अशक्त, अक्षम, ~ **of doing** sth करने में असमर्थ; 2 (often in good sense) [~ of mischief], 3 निर्बल सुन्न, निश्चेष्ट [drunk and ~]

incapacitate इन्कपैसिटेट *vt* असमर्थ या अशक्त कर देना [to ~ s.o. **for work**; **for** *or* **from, doing sth**]; **incapacitation** *n* असमर्थीकरण, असमर्थता

incapacity इन्कपैसिटि *vt* 1असमर्थता, अक्षमता, अशक्तता, अयोग्यता [~ for work; ~ for doing, to do, sth], 2 कानूनी अयोग्यता या अनर्हता [~ to inherit]

incarcerate इन्कार्सरेट *vt* 1 कैद करना, बन्दी बनाना, बन्द कर देना, 2 बन्धन में डाल देना **incarceration** इन्कार्सरेशन *n* 1 कैद, कारावास, 2 बन्धन

incarnadine इन्कार्न-**डाइन** *a* (*poet*) मांस के रंग का, गहरा लाल, किरमिजी

incarnate^1 इन्कार्निट *a* (of person, spirit, quality, etc) शरीरधारी, मूर्तिमान, साकार, साक्षात्; [He is a devil ~, an ~ fiend], to become ~ अवतार लेना, शरीर धारण करना

incarnate^2 इन्कार्नेट *vt & i* 1 (विचार आदि को मूर्त रूप देना, 2 (of person etc) (गुण आदि का) मूर्त रूप होना

incarnation इन्कार्नेशन *n* 1 शरीर-धारण, अवतार, 2 (गुण आदि का) मूर्त रूप [He is the ~ of justice, valour, etc]

incautious इन्कॉशस *a* असावधान, लापरवाह, अदूरदर्शी, बे सोचे-समझे काम करने वाला, अविमृश्यकारी

incendiarism *n* इन्सें‌न्डअरिज़्म *n* (माल, मकान आदि को) शरारत से आग लगा देना, आगजनी, शरारत से आग लगाने की नीति, आग लगाने की घटना, अग्नि-कांड

incendiary इन्सें‌न्डिअरि *a & n* 1 शरारत से आग लगाने वाला (व्यक्ति), आग लगाने वाला (पदार्थ), दाहक, आग्नेय; **incendiary bomb** अग्निबम, 2 *fig* भड़काने वाला, फ़साद मचने वाला, फ़सादी, शरारती

incense^1 इन्सें‌न्स *n* 1 लोबान, धूप, अगरबत्ती 2 धूप आदि का धुआँ, 3 (*fig*) प्रशंसा, चापलूसी, चाटुकारी

incense^2 *vt* 1 धूप आदि का धुआँ देना, धूनी देना, 2 सुगंधित करना, सुगंधि से भर देना

incense^3 *vt* गुस्सा दिलाना, नाराज़ करना, [~d **against, with, at,** by, s.o. or sth]

incensory इन्सें‌न्सरि *n* धूप जलाने का पात्र, धूपदान, अगरदान

incentive इन्सें‌न्टिव *a & n* प्रेरक, प्रेरणादायक, प्रोत्साहन देने वाला, *n* प्रोत्साहन (देने वाली चीज या बात), बढ़ावा [~, **to action**; **to do, to doing, sth**; Recognition of merit is an ~ to hard work]

inception इन्सें‌प्शन *n* आरंभ, उपक्रम, सूत्रपात, स्थापना

inceptive इन्सें‌प्टिव *a* 1 आरंभिक, 2 आरंभसूचक

incertitude इन्सर्टिट्यूड *n* अनिश्चितता, अनिश्चय, सन्देह

incessant इन्सें‌सन्ट *a* अविरत, अविराम, निरन्तर,

सतत, लगातार, बार बार होने वाला; ~ly *adv* निरन्तर, लगातार, बार बार

incest इन्सेॅस्ट *n* निकट सगे संबंधी के साथ मैथुन, अगम्यागमन, **incestuous** इन्सेॅस्चुअस *a* अगम्यागामी; अगम्यागमनात्मक

inch इन्च *n & vt & i* 1 इंच, 2 *fig* थोड़ी मात्रा; **by inches, inch by inch** थोड़ा-थोड़ा कर के, **धीरे-धीरे,** 3 (in *pl*) कद, ऊंचाई, a man of your inches तुम्हारे कद का आदमी; 4 Give him an inch and and he'll take an ell (see ell), *vt* च्यूँटी की चाल चलना, थोड़ा-थोड़ा कर के आग बढ़ना [**to inch one's way**; *vi* to inch forward]

inchoate इन्कोएट *a & vt* जो अभी शुरू हुआ हो, प्रारंभिक अवस्था में, अविकसित, अपूर्ण, *vt* आरंभ करना

incidence इन्सिडन्स *n* (किसी पर) लगना, पड़ना, प्रभावित करना, आपात; ~ **of tax** टैक्स का बोझ, कर-भार, करापात

incident^1 इन्सिडन्ट *n* 1 घटना, वारदात, वाक्या, मुठभेड़ [a frontier ~], 2 उपाख्यान, प्रसंग, किस्सा, 3 *law* संपदा आदि से संबंधित अधिकार अथवा भार

incident^2 *a* 1 जिसके घटित होने की संभावना हो, से संबंधित, dangers incident to travel यात्रा में आने वाले या यात्रा से संबंधित ख़तरे, 2 (of light) पड़ने वाला, आपाती [~ on, upon]

incidental इन्सिडन्टल *a* 1 आकस्मिक, अपूर्वचिन्तित, 2 प्रासंगिक, आनुषंगिक, सहवर्ती, साथ (घटित) होने वाला, 3 अप्रधान, गौण, ~ **expenses** (मुख्य खर्च के अलावा) दूसरा खर्च, आनुषंगिक खर्च; ~ly *adv* प्रसंगवश

incinerate इन्सिनरेट *vt* जला कर भस्म कर देना, भस्मसात् कर देना, राख कर देना

incineration इन्सिनरेशन *n* कूड़ा जलाना; भस्मीकरण

incinerator इन्सिनरेटर *n* (वि० कूड़ा) जलाने या भस्म करने का यन्त्र या चूल्हा, दाहित्र

incipience इन्सिपिअन्स *n* आरंभ, शुरुआत

incipient इन्सिपिअन्ट *a* आरंभिक (अवस्था में), पैदा होता हुआ, शुरू होता हुआ [~ decay of the teeth], ~ beard उगती हुई दाढ़ी

incise इन्साइज *vt* 1 चीरना, काटना, चीरा देना 2 *art* नक्काशी करना, खोदना, उत्कीर्ण करना

incision इन्सिश्ज़न *n* चीरा, काट, घाव

incisive इन्साइसिव *a* 1 काटने वाला, छेदने वाला, चीरने वाला, 2 कुशाग्र, गहराई में जाने वाला [~ mind, judgement], 3 तीखा, तीव्र, चुभने वाला, मर्मभेदी, मर्मान्तिक [~ criticism]; ~**ness** *n* 1 कुशाग्रता, गहराई में जाने की योग्यता, 2 तीखापन, मर्मान्तिकता

incisor इन्साइज़र *n* काटने वाला दान्त (दोनों जबड़ों में सामने के चार दान्तो में से कोई एक), कृन्तक

incite इन्साइट *vt* उकसाना, उभारना, भड़काना, उत्तेजित करना [to ~ s.o. **to action, to do** sth]; ~**ment** *n* उकसावा, उत्तेजना; उत्तेजित करना या होना;

incivility इन्सिविलिटि *n* गुस्ताख़ी, अभद्रता, अशिष्टता, बदतमीज़ी

inclemency इन्क्लेॅमन्सि *n* (of weather) ख़राबी, भयङ्करता

inclement इन्क्लेॅमन्ट *a* 1 (of weather) ख़राब, भयङ्कर, सख़्त सर्दी का, आन्धी-पानी का, 2 कठोर, निष्ठुर, निर्दय (~ judge)

inclination इन्क्लिनेशन *a* **1** झुकाव, प्रवणता, ढलान (~ of a hill), 2 झुकाव, प्रवृत्ति, रुझान [~ **to, towards, for,** sth; **to do** sth] 3 रुचि, शौक, पसन्द [to follow one's own ~(s)]

incline इन्क्लाइन *vt & i* 1 झुकाना, झुकना (to ~ one's head, body, oneself), 2 झुकाव होना, प्रवृत्ति होना, रुझान होना, 3 रुचि होना, शौक होना; ~**d** *a* 1 झुका हुआ, प्रवण, ढालुआं, 2 इच्छा या प्रवृत्ति या रुझान वाला [**to be ~ to do sth**]

include इन्क्लूड *vt* शामिल करना, सम्मिलित करना, मिला लेना, समाविष्ट करना, समावेश करना, to be ~d अन्तर्गत होना; **including** समेत (six person including me)

inclusion इन्क्लूश्ज़न *n* समावेश, (किसी समुदाय में) गिन लिया जाना या शामिल कर लिया जाना

inclusive इन्-क्लूसिव *a* 1 जिसमें (कोई चीज आदि) शामिल हो, **inclusive of** को शामिल कर के, को मिलाकर, 2 (**at** *hotel etc*) inclusive terms ख़र्चा जिसमें सब कुछ शामिल हो; कुल ख़र्चा

incog इन्कॉग *abbr* of foll

incognito इन्कॉग्निटो *adv & n & a* भेस बदल कर (जिससे कोई पहचान न सके), नाम आदि बदल कर, गुप्त रूप से [to travel, do good, ~]; *n* छद्मवेश, गुप्त रूप, बदला हुआ नाम [to preseve one's ~], *a* छद्मवेशधारी

incognizance इन्कॉग्निजन्स *n* अज्ञानता, अनभिज्ञता, **incognizant** *a* अनभिज्ञ, अनजान, बे-ख़बर

incognizable इन्कॉग्निज़बल *a* जिसका मन या इन्द्रियों द्वारा ग्रहण न किया जा सके, अज्ञेय

incoherence इन्कोहिअरन्स *n* असम्बद्धता, विशृंखलता

incoherent इन्कोहिअरन्ट *a* 1 असम्बद्ध, अनर्गल, शृंखला-रहित, विशृंखल, क्रमरहित, असंगत, अंडबंड, 2 अंडबंड बोलने वाला [He was so drunk as to be ~]

incombustible इन्कम्बस्टिबल *a* जिसे जलाया न जा सके, अदाह्य

income इन्कम *n* आय, आमदनी कमाई, नफ़ा, income group आय-वर्ग, **income-tax** आय-कर;

~r *n* 1 प्रवेश करने वाला, आने वाला [incomers & outgoers], 2 पद ग्रहण करने वाला अधिकारी, उत्तराधिकारी, 3 आवासी, आप्रवासी

incoming *a* & *n* आने वाला [the ~ tenant]; 2 आप्रवासी; *n* 1 आगमन, प्रवेश, 2 in *pl* आय, आमदनी

incommensurable इन्कमेन्श-र-बल *a* 1 (*math*) जिसका और किसी दूसरी संख्या का कोई समापवर्त न हो [~ with another number] असम्मेय; 2 ~ **number** असम्मेय या अपरिमेय संख्या, *e.g.* √2, √5 etc.

incommensurate इन्कमें न्श-रट *a* किसी वस्तु की तुलना में कम या अपर्याप्त, असमान, अननुरूप [~ **with, to, sth**], ~**ness** *n* कमी, अपर्याप्तता, अननुरूपता

incommode *vt* 1 कष्ट देना, तंग करना, असुविधा करना, 2 बाधा डालना

incommodious इन्कमोडिअस *a* 1 तंग (कमरा, मकान आदि), जिसमें काफ़ी जगह न हो, सँकरा, संकीर्ण, 2 असुविधाजनक; ~**ness** *n* (कमरे, मकान आदि की) तंगी, सँकरापन

incommunicable इनकम्यूनि-क-बल *a* 1 जो(किसी को) बताया न जा सके, अवाच्य, अकथनीय, 2 जो किसी को दिया न जा सके

incommunicado इन्कम्यूनिकाडो *a* दूसरों से संपर्क करने की सुविधा से वंचित, संपर्कवर्जित, (of prisoner) एकान्त कारावास में

incommunicative इन्कम्यूनिक-टिव *a* जो (अपनी बात दूसरे को न बताये, अपनी बात गुप्त रखने वाला, चुप्पा

incomparable इन्कोॅम्प-र-बल *a* 1 अनुपम, अद्वितीय, बेजोड़, 2 जिसकी तुलना न की जा सके [~ **with, to,** sth]

incompatibility इन्कम्पैटिबिलिटि *n* 1 मेल न खाना, संवाद न होना, अननुरूपता [~ of two theories], 2 (of person) विरोधी स्वभाव

incompatible इन्कम्पैटिबल *a* 1 मेल न खाने वाला, बे-मेल, विसंवादी, अननुरूप, अननुकूल, विरुद्ध, भिन्न, 2 (of person) जिसकी किसी के साथ पटती न हो

incompetence, -cy इन्कोॅम्पिटन्स, -न्सि *nn* 1 अधिकार न होना, असमंथता, अशक्तता 2 अयोग्यता, नालायकी

incompetent इन्कोॅम्पिटन्ट *a* 1 जिसे कानूनी अधिकार न हो, अनधिकारी, असमर्थ, अशक्त, 2 अयोग्य, नालायक

incomplete इन्कम्प्लीट *a* अपूर्ण, अधूरा, असमाप्त

incomprehensible इन्कोॅम्प्रिहेॅन्सिबल *a* 1 जो समझ में न आ सके, अज्ञेय, अबोधगम्य, 2 *arch* अनन्त, असीम

incompressible *a* जिसे दबा कर छोटा न किया जा सके, असम्पीड्य

inconceivable इन्कन्सीव-ब्ल *a* 1 जिसकी कल्पना न की जा सके, अचिन्तनीय, 2 (*pop*) बहुत शानदार

inconclusive इन्कन्क्लूसिव *a* (of action, debate, evidence) जिससे किसी बात का निश्चय या निर्णय न हो, अनिर्णयात्मक, अनिश्चयात्मक, अनिर्णायक; (of argument) जो किसी को कायल न कर सके, अप्रत्यायक

incongruity, इन्-कोॅङ्ग्रू-इटि **incongruousness** *nn* 1 मेल न खाना, अननुरूपता, विसंगति, 2 अनुपयुक्तता, बेतुकापन

incongruous इन्कोॅङ्ग्रुअस *a* 1 मेल न खाने वाला, असदृश, अननुरूप, 2 (of remark) अनुपयुक्त, अनुचित, बेतुका, बेहूदा, बेमौका, अप्रासंगिक

inconsequence इन्कोन्सिक्वन्स *n* अप्रासंगिकता, असंगति

inconsequent इन्कोॅन्सिक्वन्ट *a* 1 जिसका प्रसंग न हो, अप्रासंगिक, 2 असंगत, असम्बद्ध, बे सिर-पैर का, अंड-बंड

inconsequential इन्कोन्सिक्वेॅन्शल *a* महत्त्वहीन, तुच्छ, मामूली

inconsiderable इन्कन्सिड्र-बल *a* 1 अविचारणीय, 2 बहुत छोटा, बहुत कम, थोड़ा-सा, मामूली, तुच्छ, नगण्य

inconsiderate इन्कन्सिड्-रिट *a* 1 (of person) दूसरों का ख्याल या लिहाज न करने वाला, परवाह न करने वाला, निष्ठुर, निर्मम, 2 विचारहीन, विवेकहीन, 3 (of action etc) जिसमें दूसरो का ख्याल न किया गया हो, निष्ठुरता का, निर्मम, 4 बे सोचा-समझा [inconsiderate opinion]: ~**ness** *n* 1 निष्ठुरता, निर्ममता, 2 विचारहीनता

inconsistency इन्कन्सिस्टन्सि *n* 1 असंगति, अननुरूपता, असामंजस्य, परस्पर-विरोध, अन्तर्विरोध, 2 अस्थिर स्वभाव

inconsistent इन्कन्सिस्टन्ट *a* 1 असंगत, बे-मेल, अननुरूप, सामंजस्यहीन, परस्पर-विरोधी, 2 (of person) कभी कुछ और कभी कुछ कहने या करने वाला, अपने कथन या सिद्धान्त पर स्थिर न रहने वाला, अस्थिर-स्वभाव, 3 (of single thing) जिसके अवयव एक-से न हों, विषमांग

inconsolable इन्कन्सोल-बल *a* (of person, his grief, etc.) जो सान्त्वना देने से शान्त न हो, असान्त्वनीय, (of grief) अशम्य

inconstancy इन्कोॅन्स्टन्सि *n* 1 चंचलता, 2 परिवर्तनशीलता, अस्थिरता

inconstant इन्कोॅन्स्टन्ट *a* 1 (of person) चंचल, डाँवाँडोल, अस्थिर-चित्त, 2 परिवर्तनशील, एक-सा न रहने वाला, अस्थायी

incontestable इन्कन्टेॅस्टबल *a* निर्विवाद, सन्देह-रहित, निःसन्देह

incontinence इन्कोॅन्टिनन्स *n* असंयम, लम्पटता (see foll)

incontinent इन्कॉन्टिनन्ट *a* 1 जो जितेन्द्रिय न हो, असंयमी, लम्पट, कामातुर, 2 जो, मूत्र, शौचआदि रोक न सके, ~ of speech, tongue जो जबान में लगाम न दे, बातूनी; ~**ly**^{1} *adv* बिना संयम के; ~**ly**^{2} *adv*, *liter* तुरन्त, अविलम्ब, फ़ौरन

incontrovertible इन्कान्ट्र-वटबल *a* जिस पर सन्देह न किया जा सके, जिससे इन्कार न किया जा सके, निर्विवाद, अकाट्य; **incontrovertibly** *adv* निर्विाद रूप से

inconvenience इन्कन्वीनिअन्स *n* & *vt* असुविधा, कष्ट, दिक्कत, कठिनाई; *vt* असुविधा करना, कष्ट देना, बे-आराम करना

inconvenient इन्कन्वीनिअन्ट *a* 1 असुविधाजनक. कष्टदायक, 2 अनुपयुक्त, अनुचित, 3 बेमौका, बेढब

inconvertibility *n* अविनिमेयता (see foll)

inconvertible इन्कन्वर्टिबल *a*(of paper money) जिसके बदले में सोना-चांदी न मिल सके, अविनिमेय

incorporate^{1} इन्कॉर्प-रिट *a* 1 (of company etc) निगमित, निगम के रूप में स्थापित, 2 (of persons) निगम में शामिल

incorporate^{2} इन्कॉर्प-रेट *vt* & *i* 1 मिला लेना, सम्मिलित करना, शामिल करना, समाविष्ट करना, [Your suggestions will be ~d in the next edition of this book], मिल जाना, सम्मिलित होना, 2 व्यापार-निगम बनाना या स्थापित करना, व्यापार निगम में शामिल होना, ~**d** *a* 1 समाविष्ट, सम्मिलित, 2 निगमित, (निगम के रूप में) स्थापित

incorporation इन्कॉर्परेशन *n* 1 मिलाना, मिलना, संयोग, समावेश, 2 निगमन, (निगम के रूप में) स्थापना

incorporeal इन्कॉर्पॉरिअल *a* 1 अशरीरी, अभौतिक, अपार्थिव, 2 *law* जो वस्तु के रूप में न हो, अमूर्त [~ hereditament]

incorrect इन्करेक्ट *a* 1 झूठा, असत्य, मिथ्या, अयथार्थ 2 अशुद्ध, सदोष. ग़लत, 3 अनुचित; ~**ness** *n* 1 असत्यता, अयथार्थता, 2 अशुद्धता, सदोषता, ग़लती

incorrigible इन्कॉरिजिबल *a* (of person or habit) जिसे सुधारा न जा सके, जिसे ठीक न किया जा सके, बहुत बिगड़ा हुआ, महाभ्रष्ट, असुधार्य

incorruptible इन्करप्टिबल *a* 1 जो गलने-सड़ने वाला न हो, 2 जिसे घूस आदि का लालच न दिया जा सके, ईमानदार, अभ्रष्टव्य

increase^{1} इन्क्रीस *vi* & *t* (संख्या, परिमाण आदि का) बढ़ना, बढ़ाना, अधिक होना, अधिक करना, बड़ा होना, बड़ा करना, फैलना, फैलाना

increase^{2} *n* 1 (संख्या, परिणाम आदि की) वृद्धि बढ़ती, बढ़ोतरी, विस्तार, फैलाव, 2 **to be on the ~** बढ़ना, बढ़ते जाना

incredibility *n* अविश्वसनीयता

incredible इन्क्रेडिबल *a* 1 जिस पर विश्वास न आये, अविश्वसनीय, 2 (*colloq*) जिसे मानना कठिन हो, आश्चर्यजनक, अद्भुत

incredulity इन्क्रि-ड्यूलिटि *n* विश्वास न करने का स्वभाव, सन्देहशीलता

incredulous इन्क्रॅड्युलस *a* जिसे (किसी बात पर) विश्वास न आये [~ **of** sth], विश्वास न करने वाला, अविश्वासशील, अविश्वाससूचक (~ smile)

increment इन्क्रिमन्ट *n* 1 वृद्धि, बढ़ती, बढ़ोतरी, विस्तार, 2 तरक्की, वेतन-वृद्धि, 3 मूल्य में वृद्धि (unearned ~ of land)

incriminate इन्क्रिमिनेट *vt* 1 दोष या अपराध लगाना, अभियोग लगाना, अभिशस्त करना, 2 (किसी को दूसरे पर लगे) अभियोग में शामिल करना (= implicate, 1), 3 अपराध का संकेत करना

incriminating *a* जिस के आधार पर अभियोग लगाया जा सके, जिससे अपराध का पता चले, अपराधसूचक, [**incriminating** documents, evidence]; **incrimination** इन्क्रिमिनेशन *n* दोष लगाना, अभियोग लगाना, दोषारोपण, अभिशंसन; **incriminatory** इन्क्रिमि-न-टरि *a* अभियोग का, अभियोग-संबंधी; अपराधसूचक, अभिशंसात्मक

incrustation इन्क्रस्टेशन *n* 1 पपड़ी जमना, पपड़ी से ढकना, 2 पपड़ी, तह, परत, 3 दीवार आदि पर लगी संगमरमर की तह; ऐसी तह लगाना, 4 (घाव पर जमी) पपड़ी

incubate इन्क्युबेट *vt* & *i* 1 (अंडे सेना, अंडों पर बैठना, अंडों से बच्चे निकालना (या बच्चे निकलना) 2 (of disease) पकना (see foll)

incubation इन्क्युबेशन *n* 1 अण्डों से बच्चे निकालना 2 (of disease) लक्षण प्रकट होने से पहले रोग का अन्दर ही अन्दर पकना, परिपाक, **incubation period** रोग-लक्षण प्रकट होने की अवधि

incubator इनक्युबेटर *n* 1 अण्डों से बच्चे निकालने का यन्त्र, अडे सेने की मशीन, 2 समय से पूर्व जन्मे बच्चों को पालने की मशीन, इंक्यूबेटर

incubus इन्क्युबस *n* (*pl* ~es; *or* incubi) 1 *myth* सोये हुए लोगों को सताने वाला प्रेत, हौवा, 2 भयानक स्वप्न की तरह सताने वाली चीज या व्यक्ति [to be an ~ on s.o.], मन पर बोझ, 3 टैक्सों का बोझ

inculcate इन्कल्केट *vt* (किसी बात का) उपदेश देना, अच्छी तरह सिखाना या समझाना, दिल में बिठाना [to ~ a lesson, an idea, a habit upon, in, s.o.); **inculcation** *n* शिक्षण, उपदेश **inculpate** इन्कल्पेट *vt* 1 दोष या अपराध या इल्जाम लगाना, अभियोग लगाना, निन्दा करना, 2 (व्यक्ति-को) अभियोग में शामिल करना; **inculpation** *n* दोषारोपण; **inculpatory** इन्कल्प-टरि *a* अभियोगात्मक, निन्दात्मक

incumbency इन्कम्बन्सि *n* 1 गिरजे की संपत्ति के उपभोग का अधिकार, 2 पदाधिकारी का कार्यभार या कार्यकाल या कार्यक्षेत्र, पदावधि, कार्यकाल

incumbent^1 इन्कम्बन्ट *n* 1 पादरी जिसे गिरजे की कोई संपत्ति निर्वाहार्थ मिली हो, 2 पदधारी या पदस्थ व्यक्ति, पद पर प्रतिष्ठित व्यक्ति

incumbent^2 *a* 1 ऊपर रखा या लादा हुआ, 2 कर्तव्य रूप में आवश्यक, अवश्यकरणीय, कर्तव्य, बहुत ज़रूरी, लाज़िम [to be ~ **upon s.o. to do sth**]

incunabula L. इन्क्यूनॅब्यूल: *n pl* 1 आरंभिक अवस्थाएं, 2 (in *sing* **incunabulum**) शुरू-शुरू में (वि० १५०० ईस्वी से पहले) छपी पुस्तकें

incur इन्कर *vt* (-rr-) 1 (ख़तरे में) पड़ना, (जोखिम) उठाना [to ~ danger, risk, etc], अपने ऊपर लेना, (क्रोध आदि का) पात्र बनना [to ~ the wrath, displeasure, etc. of s.o.], 2 **to ~ expenses** खर्च करना या उठाना, to ~ debts उधार चढ़ना

incurability *n* (रोग की) असाध्यता

incurable इन्क्युअ-र-बल (रोग या व्यक्ति) जिसका इलाज न हो सके, ला-इलाज, असाध्य, *n* असाध्य रोग में ग्रस्त व्यक्ति, ठीक न होने वाला आदमी

incuriosity इन्क्युअ-रिऑसिटि *n* कौतूहल या जिज्ञासा का अभाव, अजिज्ञासा

incurious इन्क्युअ-रिअस *a*1कौतूहलहीन, जिज्ञासारहित, अनुत्सुक, 2 लापरवाह, ध्यान न देने वाला; ~ly *adv* लापरवाही से

incursion इन्कर्शन *n* एका-एक घुस जाना, चढ़ाई, धावा, आक्रमण

indebted इन्डेंटिड *a* 1 ऋणग्रस्त, कर्ज़दार, देनदार [~ **to s.o.**], 2 जिसपर किसी ने अनुग्रह या उपकार किया हो, अनुगृहीत, उपकृत, उपकार मानने वाला, आभारी, कृतज्ञ, एहसानमंद; **~ness** *n* 1 ऋणग्रस्तता, कर्ज़दारी, देनदारी, ऋण, कर्ज़ा, 2 उपकृत होना, आभारी होना, आभार, कृतजता

indecency *a* इन्-डीसन्सि *n* 1 अशिष्ट शब्द या व्यवहार, 2 अशिष्टता, निर्लज्जता

indecent इन्डीसन्ट *a* 1 अशोभनीय, अनुचित, [~ haste], 2 अशिष्ट, अभद्र, निर्लज्ज; निर्लज्जतापूर्ण, 3 अश्लील, ~ assault संभोग की चेष्टा

indecipherable इन्डिसाइफ़र-बल *a* जिसे पढ़ा न जा सके, अपाठ्य, अस्पष्ट, जिसका अर्थ न जाना जा सके, दुर्बोध

indecision इन्डिसिश्ज़न *n* 1 अनिश्चय, असमंजस, दुविधा, 2 हिचक, हिचकिचाहट, दृढ़संकल्प का अभाव

indecisive इन्डि-साइसिव 1 (of argument) जिससे किसी निर्णय पर न पहुँचा जाये, अनिर्णयात्मक, गोल-मोल, 2 (of battle) जिसमें हार-जीत का फ़ैसला न हो, अनिर्णीत, 3 (of person) अस्थिरचित्त, डांवांडोल, ढुलमुल, दुविधा में पड़ा हुआ, संकल्परहित

indeclinable *a* (*gram*) अव्यय

indecorous इन्-डेकरस *a* अशिष्ट, अभद्र, अशोभनीय, अनुचित, भद्दा, बेहूदा

indecorum इन्डिकॉरम *n* अशिष्टता, अभद्रता, अशोभनीय व्यवहार या आचरण, बेहूदगी, अनौचित्य

indeed इन्डीड *adv* & *int* वस्तुतः, वास्तव में, सचमुच, निःसन्देह, बिल्कुल; *int* (व्यंग्य अथवा अविश्वास व्यक्त करने के लिए) हां! हां!, क्यों नहीं!

indefatigable इन्-डि-फ़ैटि-ग-बल *a* 1 (of person) न थकने वाला, अनथक, निरन्तर परिश्रम करने वाला, अध्यवसायी, 2 (of qualities, efforts etc) अनथक, अनवरत

indefeasibility *n* अलोप्यता (see foll)

indefeasible इन्-डिफ़ीज़िबल *a* जो छीना न जा सके, जो रद्द न किया जा सके, अलोप्य [~ right]

indefensible इन्-डिफ़ेंन्सिबल *a* 1 (of theory, argument, etc) जिसका समर्थन या अनुमोदन न किया जा सके, जिसे उचित या ठीक न ठहराया जा सके,असमर्थनीय 2(शस्त्रास्त्र से) जिसकी रक्षा न की जा सके, अरक्षणीय

indefinable इन्-डिफ़ाइन-बल *a* जिसका यथार्थ वर्णन या निरूपण न किया जा सके, अवर्णनीय, अनिर्वचनीय, अस्पष्ट, धुंधला

indefinite इन्डेफिनिट *a* 1 (of idea etc) अस्पष्ट, धुंधला, गोलमोल, 2 अनिश्चित, अनिर्दिष्ट, जिसकी सीमा निर्धारित न हो, अपरिमित, अनियत, ~ leave अनियत समय के लिए अवकाश; 3 (*gram*) ~ **article**=a, an;(of tense) जिसमें क्रिया की पूर्ति का निर्देश न हो, सामान्य [Present, Past, ~]; ~**ly** *adv* अनियत समय के लिए [to postpone sth ~]

indelible इन्डेलिबल *a* (of mark, stain, etc., & *fig* of disgrace etc) अमिट, पक्का, स्थायी

indelicacy इन्डेलिकसि *n* अशिष्टता, अशिष्ट आचरण, बेहूदगी

Indelicate इन्डेलिकिट *a*1 अशिष्ट, असभ्य, उजड्ड, गँवार, 2 (of action, remark, etc) अशोभनीय, निर्लज्जता का, फूहड़, बेहूदा

indemnification *n* (see foll.) 1 ज़मानत देना, 2 क्षतिपूर्ति (करना)

indemnify इन्डेम्निफ़ाइ *vt* 1 (व्यक्ति को) चोट लगने या घाटा होने की सूरत में हरजाना देने की पहले से व्यवस्था करना, ज़मानत देना [to ~ s.o. **from, against, harm** *or* a loss], 2 (चोट लगने या घाटा होने पर) हर्जाना देना, मुआवज़ा देना, क्षतिपूर्ति करना [to ~ **s.o. for harm** *or* a loss]

indemnity इन्डेम्निटि *n* (see prec) 1 ज़मानत, 2 हरजाना, मुआवज़ा, क्षतिपूर्ति, 3 मुआवज़े की रकम, तावान

indent^1 इन्डेन्ट *vt* & *i* 1 दान्ते बनाना, दान्तेदार बनाना, खांचे बनाना, गड्ढे बनाना, गहरे निशान बनाना, 2 (समुद्र-तट को) कटा-फटा बनाना, 3 *print* हाशिये से थोड़ा हट कर छापना, 4 *vi* to

~ **on s.o. for sth** किसी से कोई चीज़ मंगाना, किसी को माल का आर्डर देना, *vt* to ~ goods माल मंगाना

indent^2 *n* 1 दान्ता, खांचा, कटाव, 2 माल या सामान मंगाने के लिए लिखित आदेश, माल का आर्डर, मांग, मांग-पत्र

indentation 1 इन्डेंटेशन *n* (रेत आदि पर पहिए आदि का) निशान, गहरी लकीर, गड्ढा, 2 (समुद्र-तट आदि का) कटाव, कटा-फटा होना, टेढा-मेढा होना, दन्तुरता

indented *a* 1 दान्तेदार, कटा-फटा [~ coast]; 2 हाशिये से हट कर छापी गई (पंक्ति) [~ line]

indention इन्डेंन्शन *n* 1 *print* (नई पंक्ति का) हाशिये से थोड़ा हट कर शुरू करना, हाशियान्तर, 2 (समुद्र-तट का) कटाव

indenture इन्डेंन्चर *n* & *vt* 1 *law* इकरार, संविदा, अनुबंध, इकरारनामा, संविदा-पत्र, अनुबंध-पत्र; to be bound by an ~ इकरारनामे द्वारा वचनबद्ध होना, 2 (in *pl*) प्रशिक्षणार्थी का इकरारनामा; **to take up one's ~s** प्रशिक्षणकाल की समाप्ति पर इकरारनामा वापस लेना, *vt* व्यक्ति. वि० प्रशिक्षणार्थी, को इकरारनामे द्वारा वचनबद्ध करना, **indentured labour** करारबद्ध श्रमिक, इकरारी, मजदूर, गिरमिटिया

independence इन्डि-पेंन्डन्स *n* 1 स्वतंत्रता, स्वातंत्र्य, स्वाधीनता, आज़ादी, 2 (व्यक्ति की) निजी आय; 3 I~ Day स्वतंत्रता-दिवस, (of India) १५ अगस्त

independency *n* स्वतंत्र देश या प्रदेश

Independent इन्डि-पेंन्डन्ट *a* & *n* 1 स्वतंत्र, स्वाधीन, आज़ाद, 2 जो किसी पर आश्रित न हो, निजी आय वाला, स्वावलंबी, 3 जो किसी अन्य बात पर आश्रित न हो [~ proof]; निरपेक्ष; 4 असंबंधित, निर्दलीय [~ candidate]; *n* राजनीति में किसी दल से संबंध न रखने वाला व्यक्ति, निर्दलीय व्यक्ति; ~**ly** *adv* 1 स्वतंत्र रूप से, बिना किसी की सहायता के, 2 स्वतंत्रतापूर्वक, स्वच्छन्दतापूर्वक

indescribable इन्डिस्-क्राइब-बल *a* इतना अच्छा या बुरा कि उसका वर्णन न हो सके, वर्णनातीत, अनिर्वचनीय

indestructible इन्डिस्-ट्रक्टिबल *a* अविनाशी, अनश्वर

indeterminable इन्-डिटर्मि-नबल *a* 1 जिसका ठीक-ठीक पता न लग सके, जो निर्धारित न किया जा सके, अनिश्चेय, 2 (of disputes etc) जिसका फ़ैसला न हो सके, अनिर्णेय

indeterminate इन्डिटर्मिनिट *a* 1 अनियत, अपरिमित, अनिश्चित, **indeterminate sentence** अनियत-कालिक दण्ड (अर्थात् जिसकी अवधि कैदी के सुधरने पर घटाई जा सके), 2 (of thought) अस्पष्ट, धुंधला

indetermination इन्डिटर्मिनेशन *n* 1 दृढ़ संकल्प का अभाव, चित्त की अस्थिरता, डाँवांडोल होना, 2 अनिश्चितता, अनियतता

indeterminism इन्डिटर्मिनिज़्म *n* यह सिद्धान्त कि मनुष्य के समस्त कर्म उद्देश्यों से निर्धारित नहीं होते, अनियतत्ववाद

index^1 इन्डॅक्स *n* 1 (*pl* -es, indices) अगूठे के बाद वाली उंगली, तर्जनी, 2 (यन्त्र में लगी) नाप बताने की सूई, 3 (पुस्तक के अन्त में वर्णक्रम से दी गई) सूची, अनुक्रमणी, अनुक्रमणिका, तालिका, 4 संकेत देने वाला, संकेत सूचक, 5 *alg* सूचकांक, घातांक, 6 **index-finger** तर्जनी (उंगली); **index number of prices** मूल्यों (के उतार-चढ़ाव) का सूचकांक

index^2 *vt* 1 पुस्तक के अन्त में सूची या अनुक्रमणिका देना; 2 (शब्द, विषय आदि को) सूची में डालना

India इन्डिया *n* भारत, हिन्द, हिन्दुस्तान

Indian इन्डिअन *a* & *n* भारतीय, हिन्दुस्तानी, भारत का निवासी: **Red Indian** उत्तरी अमरीका का आदिवासी; **East Indian** ईस्ट इंडीज़ का निवासी (see Indies), **West Indian** वेस्ट इन्डीज़ का निवासी

Indianize *vt* संस्था आदि का प्रबंध भारतीयों को सौंपना, विदेशियों के स्थान पर भारतीयों को रखना, भारतीयकरण करना, भारतीय रूप देना, भारतीय ढंग पर ढालना

indicate इन्डिकेट *vt* 1 (इशारे आदि से) बताना, सूचित करना, प्रदर्शित करना, दिखाना, प्रतीक होना, ज़ाहिर करना, 2 (*med*; *in pass*) उपचार सूचित करना, (रोग के लक्षणों का) यह सूचित करना कि अमुक औषध या उपचार की आवश्यकता है [High fever ~s the use of cold fomentation]

indication इन्डिकेशन *n* 1 इशारा, संकेत, निर्देश, सूचना, 2 लक्षण, चिन्ह, निशानी

indicative इन्-डिक-टिव *a* 1 सूचित करने वाला, सूचक, ज्ञापक, परिचायक, बोधक [~ of sth], 2 *gram* तथ्य (न कि इच्छा, आज्ञा आदि) सूचित करने वाला [~ mood, *e.g.* He came]

indicator इन्डिकेटर *n* 1 सूचित करने वाला, सूचक, 2 (यन्त्र में लगी) नाप की सूई; 3 **Train** ~ गाड़ियों के आने-जाने का समय आदि सूचित करने वाली तालिका, समय-सारणी

indicatory इन्डिक-टरि *a* 1 सूचित करने वाला, सूचक [~ of sth]

indict इन्डाइट *vt* अपराध या इल्ज़ाम लगाना, मुकदमा चलाना [to ~ **s.o. for riot, as a rioter, on a charge of rioting**]

indictable इन्डाइट-बल *a* (of person) जिस पर अभियोग लगाया जा सके; (of action) जिस के आधार पर अभियोग लगाया जा सके या मुकदमा चलाया जा सके, अभ्यारोप्य

indictment इन्डाइट्मन्ट *n* 1 अभियोग, मुकदमा; 2 अभियोग लगाना, मुकदमा चलाना, अभ्यारोपण, 3

अभियोग-पत्र [to draw up an ~]

Indies इन्डिज़ *n pl* The East Indies भारत के पूर्व में स्थित द्वीपसमूह–मलयेशिया, इण्डोनेशिया आदि; The West Indies उत्तरी अमरीका के दक्षिण में मैक्सिको की खाड़ी के सामने स्थित द्वीपसमूह–क्यूबा, जमेका, डोमिनिकन रिपब्लिक आदि देश

indifference इन्-डिफ़्रन्स *n* (see foll) 1 उदासीनता, अनास्था, उपेक्षा, बेपरवाही [~ to, towards, sth, s o.], 2 निष्पक्षता, तटस्थता, 3 महत्वहीनता, It is a matter of ~ to me मेरे लिए यह कोई महत्व नहीं रखता

indifferent इन्-डिफ़्रन्ट *a* 1 (of person) जो दो चीजों में से किसी एक को दूसरी से अच्छी न समझता हो, जिसके लिए दोनों (पक्ष) बराबर हों, निष्पक्ष,तटस्थ, बेलाग; जिसके लिए कोई चीज़ न अच्छी हो न बुरी, उदासीन, बेपरवाह [He is ~ to praise], 2 (of things) दो वस्तुएं जिनमें से कोई एक दूसरी से अच्छी न समझी जाये; वस्तु जिसे न अच्छा न बुरा समझा जाये [His praise is ~ to me], 3 न अच्छा न बुरा, काम चलाऊ,साधारण मामूली, यों ही सा [an ~ painter]; 4 very ~ बिल्कुल ख़राब, निकम्मा, घटिया; 5 महत्वहीन [to converse on ~ topics], ~ly *adv* उदासीनता से, उपेक्षा से, लापरवाही से, यों ही

indifferentism *n* निष्पक्षता की नीति (वि० धर्म के विषय में)

indigence इन्डिजन्स *n* निर्धनता, ग़रीबी, दारिद्रय

Indigenous इन्डिजिनस *a* (esp. of flora & fauna) देश का, देश में पैदा होने वाला, देसी, [elephants are ~ to India, Africa, etc]; ~ly *adv* देश में, देश के अन्दर

indigent इन्-डिजन्ट *a* निर्धन, गरीब, दरिद्र, कंगाल

indigestible इन्-डिजे`स्टिबल *a* अपच्य

indigestion इन्डिजे`स्चन *n* 1 अपच, बदहज़मी, अर्जीण, 2 (of thing) अनपचा होना

indigestive इन्डिजे`स्टिव *a* 1 अपच का रोगी, 2 बदहज़मी करने वाला, अजीर्णकारी

Indignant इन्डिग्नन्ट *a* नाराज़, क्रुद्ध, रुष्ट [to be ~ at sth, with s.o.]

indignation इन्डिग्नेशन *n* 1 नाराजगी, क्रोध, रोष, ग़ुस्सा, कुढ़न, खीज, झल्लाहट [~ at sth; against, with, s.o. 2 indignation meeting सार्वजनिक विरोध व्यक्त करने के लिए की गई सभा, विरोध-सभा; 3 सार्वजनिक रोष सभा

indignity इन्डिग्निटि *n* अपमान, अनादर, तिरस्कार, दुर्व्यवहार

indigo इन्डिगो *n* नील

indirect इन्-डिरे`क्ट,-डाइरे`क्ट *a* 1 (of road) सीधा न जाने वाला, मुड़ जाने वाला, टेढ़ा, चक्करदार, 2 सीधा लक्ष्य पर न जाने वाला, घुमाव-फिराव का, फेर का, 3 (of taxes) जो निर्माता के बजाय उपभोक्ता को (बढ़े हुए मूल्यों के रूप में) देना पड़े, अप्रत्यक्ष, ~ly *adv* 1 अप्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, 2 घुमाव-फिराव से, चक्कर काट कर

indiscernible इन्-डिसर्निबल *a* 1 जिसका दूसरी वस्तुओं से भेद न किया जा सके, अविभेद्य, 2 जिसका इन्द्रियों द्वारा ग्रहण न किया जा सके, अगोचर, अव्यक्त, अस्पष्ट

indiscipline इन्डिसिप्लिन *n* अनुशासनहीनता, अव्यवस्था, मर्यादा का अभाव

indiscreet इन्-डिस्क्रीट *a* 1 अविवेकी, विवेकहीन, बेसमझ, नासमझ, नादान, अदूरदर्शी, असावधान, 2 (of act) अदूरदर्शिता का, नादानी का, बे सोचा-समझा; ~ly *adv* बे सोचे-समझे, अदूरदर्शिता से

indiscrete इन्-डिस्क्रीट *a* जो अलग-अलग जान पड़ने वाले भागों में विभक्त न हो, अलग जान पड़ने वाले भागों का न बना हो, एकात्मक, अखंड

indiscretion इन्डिस्क्रे`शन *n* 1 विवेकहीनता, नासमझी, नादानी, अदूरदर्शिता, 2 नासमझी या अदूरदर्शिता का काम, 3 सरकारी रहस्य का संयोगवश उद्घाटन, 4 समाज-मर्यादा का उल्लंघन, अनुचित आचरण, ग़लत बात या काम

Indiscriminate इन्डिस्क्रीमिनट *a* 1 अंधाधुंध [~ blows,firing], 2 विवेकरहित, विवेकशून्य, बेसोचा-समझा, 3 बिना भेद किए; ~ly *adv* अंधाधुंध, बे सोचे-समझे, अंधों की तरह

indiscrimination इन्-डिस्क्रिमिनेशन *n* विवेकहीनता, विवेकशून्यता

indispensability *n* (see foll) अपरिहार्यता अनिवार्यता, अत्यावश्यकता

indispensable इन्डिस्पे`न्स-बल *a* 1 जिसके बिना काम न चले, अत्यावश्यक, बहुत ज़रूरी, 2 (of law, duty, etc) जिसे हटाया न जा सके, जिसे छोड़ा न जा सके, अवश्यकरणीय, अत्याज्य, अनिवार्य, अपरिहार्य, लाज़िमी

indispose इन्डिस्पोज़ *vt* 1 अयोग्य या असमर्थ बनाना [to ~ s.o. for doing sth, to do sth); 2 अरुचि या अनिच्छा पैदा करना, विमुख करना, अनिच्छुक बनाना [to ~ s.o. towards, from, sth] ; ~d *a* जिसकी रुचि या इच्छा न हो, अनिच्छुक,विमुख [~d to do sth] 3 किंचित् अस्वस्थ [He has a headache and is rather ~d]

indisposition इन्-डिस्प-ज़िशन *n* 1 अनिच्छा, रुचि, विमुखता, [~ to do sth, towards sth], 2 किंचित् अस्वस्थता [I couldn't attend the meeting because of ~]

indisputable इन्-डिस्प्यूट-बल *a* निर्विवाद, माना हुआ

Indissoluble इन्-डिसो`ल्युबल *a* 1 जिसे भंग न किया जा सके, जिसे तोड़ा न जा सके, अटूट [an ~

bond], स्थायी, पक्का, 2 (पदार्थ) जिसे विघटित न किया जा सके, अविघटनीय

indistinct इन्‌डिस्‌टिन्क्ट (of thing, memory, etc) अस्पष्ट, धुंधला; (of sound) अस्फुट, अस्पष्ट, **~ness** *n* 1 अस्पष्टता, धुंधलापन, 2 अस्फुटता

indistinguishable इन्-डिस्टिङ्ग्‌विश-बल *a* जिस का दूसरों से भेद या अन्तर पता न चले, अविभेद्य, अस्पष्ट, धुंघला

indite इन्डाइट *vt* 1 (कविता) रचना, (भाषण) लिपिबद्ध करना, लिख लेना, 2 usu *joc* (पत्र आदि) लिखना [to ~ a letter, dispatch, etc]

individual इन्डि-विजुअल *a* & *n* 1 एक (व्यक्ति) का, एक-एक का, 2 व्यक्तिगत, निजी, अपना, अपना-अपना, ख़ास, *n* व्यक्ति, शख़्स, वर्ग में से कोई एक, **~ly** *adv* 1 पृथक्-पृथक्, एक-एक करके, 2 व्यक्तिगत रूप से

individualism इन्डि-विजुअ-लिज़म *n* 1 अहंभाव, अहंमन्यता, स्वार्थपरता, 2 व्यापार आदि में व्यक्तियों को पूर्ण स्वतन्त्रता देने का सिद्धान्त, व्यक्तिवाद

individuality इन्डि-विजु-ऐलिटि *n* 1 पृथक् सत्ता या अस्तित्व, व्यष्टि 2 व्यक्ति की विशेषता; व्यक्तित्व, अपनापन.

individualize इन्डि-विजुअलाइज़ *vt* व्यक्तिगत विशेषता प्रदान करना या निर्दिष्ट करना, पृथक्-पृथक् निर्देश करना, अलग-अलग बताना, व्यक्तिपरक या व्यक्तिमूलक बनाना, **~d treatment** व्यक्तिमूलक इलाज

individuate इन्डिविड्युएट *vt* अलग व्यक्ति या व्यष्टि बनाना, व्यक्तित्व प्रदान करना, **individuation** *n* व्यष्टीयन

indivisbility इन्-डिविज़ि-बिलिटि *n* अविभाज्यता

indivisible इन्-डिविज़िबल *a* जिसके टुकड़े न हो सकें, जिसे विभाजित न किया जा सके, अविभाज्य

Indo *in comb*=Indian, **Indo-European, Indo-Germanic** *aa* यूरोप औरएशिया के अधिकतर भागों में बोली जाने वाली भाषाओं का या भाषाओं से संबंधित, भारोपीय

indocile इन्‌डोसाइल *a* जो सीखने या आज्ञा मानने को तैयार न हो; अविनेय, दुर्दम्य, दुर्दान्त, **indocility** इन्‌डोसिलिटि *n* अविनेयता; दुर्दम्यता

indoctrinate इन्-डॉक्-ट्रिनेट *vt* 1 सिखाना, शिक्षा देना, 2 मन में सिद्धान्त-विशेष या विचार-विशेष बिठा देना [~ s.o. **with** an idea, belief, etc] **indoctrination** *n* (see prec) मतारोपण

Indolence इन्डलन्स *n* आलस्य, सुस्ती, काहिली, अकर्मण्यता

Indolent इन्डलन्ट *a* आलसी, सुस्त, काहिल, निरुद्यम, अकर्मण्य

indologist इन्डॉल-जिस्ट *n* भारतीयविद्याविद्; **indology** इन्डॉल-जि *n* भारतीय इतिहास, साहित्य आदि का अध्ययन, भारतीय विद्या

indomitable इन्-डॉमि-ट-बल *a* 1 न झुकने वाला, न दबने वाला, अदम्य [~ will], 2 आग्रही, हठी, ज़िद्दी

indoor इन्‌डॉर् *a* 1 घर का, भीतरी, घर पर रहने वाला [~ servants], घर या कमरे के भीतर होने वाला [~ games], 2 कारखाने की चारदीवारी में होने वाला [~ relief]; 3 ~ patient अन्तरंग रोगी; **~s** *adv* घर के अन्दर, घर पर (**to go, keep, indoors**)

indorse इन्डॉर्स *vt*=endorse

indubitable इन्-ड्यूबि-ट-बल *a* जिस (बात) पर सन्देह न किया जा सके, सन्देहरहित, असन्दिग्ध, निश्चित, पक्का; **indubitably** *adv* नि:सन्देह

induce इन्-ड्यूस *vt* 1 प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना, उकसाना, किसी काम के लिए राजी करना [to ~ s.o. **to do** sth], 2 का कारण होना, उत्पन्न करना, to ~ the belief that... यह विश्वास पैदा करना कि..., to ~ sleep नींद लाना

inducement *n* 1 प्रोत्साहित या प्रेरित करने वाली बात या चीज़, कारण, प्रयोजन, प्रोत्साहन, प्रेरणा, [~ **to (do)** sth]; 2 प्रलोभन, लालच, आकर्षण (the ~s of a large town)

induct इन्‌डक्ट *vt* 1 पद पर प्रतिष्ठित करना, विधिवत् पद पर बिठाना [to ~ s.o. **to, into,** an office], 2 पादरी को संपदा का अधिकार या कब्ज़ा देना [to ~ a clergyman **to** a benefice]

induction इन्डक्शन *n* 1 प्रतिष्ठापन, विधिवत् नियुक्ति, 2 ~ of facts तथ्यों का विवरण देना, तथ्यों या उदाहरणों से सामान्य नियम का प्रतिपादन, आगमन, 3 (*electr, magnet*) विद्युत्-शक्ति या चुम्बकशक्ति वाले पदार्थ के पास रखकर दूसरे पदार्थ में वैसी शक्ति पैदा करना, प्रेरण

inductive इन्डक्टिव *a* (*log*) आगमन पर आधारित; आगमनात्मक **inductive method** आगमन-विधि, आगमन-रीति

indulge इन्डल्ज *vt* & *i* 1 (किसी की इच्छा, शौक आदि) पूरा करना [to ~ s.o., oneself, **in** a matter], (लाड़-प्यार से) बिगाड़ना [to ~ a child] 2 *vi* लत डालना, (बुरी आदत में) फंसना [to ~ **in** vices, tobacco, etc], 3 जी खोल कर इच्छा पूरी करना, शौक पूरा करना, मज़ा लेना [to indulge **in** a cigar, **in** cycling, **in** strong language]

indulgence इन्डल्जन्स *n* 1 किसी को खुश करने या ढील देने की प्रवृत्ति, लिहाज़, अनुग्रह, कृपादृष्टि [~ **to** s.o.], 2 (किसी को दिया गया) विशेषाधिकार, 3 शौक पूरा करना, (विषयों में) आसक्ति [~ **in** vices ete]; शौक, लत [Smoking is his only ~]

indulgent इन्डल्जन्ट *a* 1 लिहाज़ करने वाला, मेहरबान, कृपादृष्टि रखने वाला, किसी के दोषों की अनदेखी करने वाला, दोषों को माफ़ करने को तैयार

[∼ to s.o.], 2 जिसे लत पड़ी हुई हो, आसक्त, फंसा हुआ

indurate इन्डयुअरेट *vt & i* 1 कड़ा करना [∼ the clay], 2 कठोर या निष्ठुर बनाना या बनना [to ∼ the feelings, heart, etc]; *vi* [the heart ∼s], 3 (of disease) पुराना हो जाना;

induration इन्डयुअरेशन *n* 1 (*geol*) (मिट्टी का) कड़ा होना, 2 कठोर होना [∼ of the heart]

industrial इन्डस्ट्रियल *a* 1 उद्योग-संबधी, उद्योग-धंधों से संबंधित, औद्योगिक, 2 **industrial dispute** मजदूरो और मालिकों का झगड़ा; औद्योगिक विवाद **industrial relations** मालिक-मजदूर संबंध, औद्योगिक संबंध

industrialist इन्डस्ट्रिअलिस्ट *n* उद्योगपति, कारख़ानेदार

industrialization *n* उद्योग-धंधों की स्थापना, उद्योगीकरण

industrialize इन्डस्ट्रिअलाइज *vt* उद्योग-धंधे या कारख़ाने स्थापित करना

industrious *a* मेहनती, परिश्रमी, उद्यमी, उद्योगी, अध्यवसायी

industry इन्डस्ट्रि *n* 1 मेहनत, परिश्रम, उद्यम, उद्योग, 2 काम में लगे रहने का स्वभाव, अध्यवसाय, 3 वस्तुओं के निर्माण का काम, उद्योग, उद्योग-धंधा 4 निर्माणशाला, कारख़ाना

indwell इन्ड्वेॅल *vt & i* (indwelt), 1 (of spirit, principle etc) के अन्दर रहना, में विद्यमान होना, 2 *vi* सदा विद्यमान रहना [to ∼ in sth], **indwelling** *a* मन में रहने वाला, अन्तर्यामी

inebriate^{1} इ-नीब्रिअट *a & n* जिसने पी रखी हो, नशे में चूर, मदोन्मत्त, *n* शराबी, मद्यप, पियक्कड़

inebriate^{2} इनीब्रियेट *vt* 1 मदोन्मत्त करना, मदहोश करना नशे में चूर करना, 2 (*fig*) उन्मत्त करना, [∼d by success], **inebriation** इनीब्रियेशन *n* नशा चढ़ना, नशे में होना मदमस्ती, मदोन्मत्तता, मदहोशी, **inebriety** इनिब्राइअटि *n* 1 शराब पीने की आदत, शराब की लत 2 मदोन्मत्तता, मदहोशी

Ineffable इनेॅफ़े-बल *a* जिसका वर्णन या बयान न हो सके, अनिर्वचनीय, वर्णनातीत; न कहने लायक, अवाच्य

ineffaceable इनिफ़ेस-बल *a* जो मिट न सके, अमिट

ineffective इनि-फ़ेॅक्टिव *a* 1 (of action) निष्प्रभाव, बे-असर, निष्फल, व्यर्थ, बेकार, 2 (of person) असमर्थ, अक्षम, अयोग्य, नालायक

ineffectual इनिफ़ेॅक्चुअल *a* 1 जो कुछ कर या करा न सके [∼ leader]; 2 निष्प्रभाव, निष्फल

inefficacious इनेॅफ़िकेशस *a* (of remedy eto) जो गुणकारी न हो, बे-असर, निष्प्रभाव

inefficient इनिफ़िशन्ट *a* 1 (of person) अयोग्य, नालायक, अकुशल, 2 (of a measure etc) निष्प्रभाव, बे-असर, निष्फल

inelastic इनिलैस्टिक *a* 1 (of material) बेलोच, बे-लचक, 2 (of demand) न घटने-बढ़ने वाला, बंधा हुआ, मूल्य-निरपेक्ष, बेलोच, लोचहीन, 3 (of person etc) न दबने वाला, अदम्य, हठी

inelegance इनेॅलिगन्स *n* गंवारपन, भद्दापन, अशिष्टता

inelegant इनेॅलिगन्ट *a* 1 (of remarks, manners, etc) गंवारू, फूहड़ भद्दा, अशिष्ट, 2 (of style) अपरिष्कृत, लालित्यरहित

ineligibility इन्एॅलिजि-बिलिटि *a* अयोग्यता, अपात्रता

ineligible इनेॅलिजिबल *a* 1 (of candidate) चुने जाने के अयोग्य, अपात्र, 2 (वि० सेना में भर्ती के लिए) अयोग्य, अनुपयुक्त, अवांछनीय

ineluctable इनिलक्टबल *a* जिससे बचा न जा सके, अपरिहार्य, अनिवार्य [a victim of ∼ fate]

inept इनेॅप्ट *a* 1 बेमौका, अप्रासंगिक, अनुचित, 2 (of remark etc) भद्दा, गंवार, बेहूदा, लचर

ineptitude इनेॅप्टिटयूड, **ineptness** *nn* अप्रासंगिकता, बेतुकापन, बेहूदापन, बेहूदगी

inequality इनिक्वॉलिटि *n* 1 असमानता, 2 (of surface) असमता, विषमता, ऊबड़खाबड़पन, ऊंचा-नीचा होना

Inequitable इनेॅक्विटबल *a* अन्याय्य, न्याय-विरुद्ध, अनुचित [an ∼ division of the property]

inequity इनेॅक्विटि *n* अन्याय, अन्याय्यता, बेइन्साफ़ी, पक्षपात, अनौचित्य

ineradicable इनिरैडि-कबल *a* जिसका उन्मूलन न किया जा सके, जिसे मिटाया या ख़तम किया न जा सके, अनुन्मूलनीय

inert इनर्ट *a* 1 निष्क्रिय, निश्चेष्ट, सुस्त, 2 (of gas) निष्क्रिय; ∼**ness** *n* 1 (of gas) निष्क्रियता, 2 = inertia 2

inertia इनर्श्य: *n* 1 (*phys*) पदार्थ का गुण जिसके कारण वह तब तक अपनी गतिहीन अथवा समान-गति की अवस्था में रहता है जब तक कि कोई बाहरी शक्ति उस अवस्था को बदल नहीं देती, अवस्थितित्व, 2 (of person) निष्क्रियता, निश्चेष्टता, आलस्य, सुस्ती, जड़ता, जड़त्व

inescapable इनिस्केप-बल *a* जिससे बचा न जा सके, अपरिहार्य, अनिवार्य

inestimable इनेॅस्टि-मबल *a* इतना बड़ा या अधिक कि उसका अनुमान न लगाया जा सके, अनन्त, अपार, बेहद

inevitable इनेॅवि-टबल *a* जिससे बचा न जा सके, अपरिहार्य, अनिवार्य, अवश्यंभावी, भवितव्य

inexact इनिग्ज़ैक्ट *a* अयथार्थ, ग़लत; ∼**itude** इनिग्ज़ैक्टि-टयूड **inexactness** *nn* अयथार्थता, ठीक या सही न होना

inexcusable इनिक्स्क्यूज़-बल *a* जिसे क्षमा न

किया जा सके, अक्षम्य

inexhaustible इनिग्ज़ॉस्ट-बल *a* ख़तम न होने वाला, अखूट, अक्षय्य, अनन्त, असीम, अपार

inexorable इनें‍क्सर्-बल *a* नरम न पड़ने वाला, न पसीजने वाला, निर्दय, निष्ठुर, कठोर

inexpediency इनें‍क्स्पीडिअन्सि *n* अनुपयुक्तता (see foll)

inexpedient इनें‍क्स्पीडिअन्ट *a* जिससे काम न बने, जो कार्यसाधक न हो, जो अवसरानुकूल न हो, अनुपयुक्त,अनुचित, असमीचीन

inexpensive इनिक्स्पे‍ंन्सिव *a* सस्ता, अल्पमूल्य

Inexperience इनिक्स्पिअरिअन्स *n* अनुभव का अभाव, अनुभवहीनता, नातजुर्बाकारी, अनाड़ीपन; ~d *a* अनुभवहीन, नातजुर्बाकार, अनाड़ी, अकुशल

inexpert इनेॅक्स्पर्ट *a* अनाड़ी, अकुशल

inexpiable इनेक्स्-पिअ-बल *a* 1 (of offence) जिसका प्रायश्चित्त न हो, 2 (of resentment, hatred, etc.) जिसे शान्त न किया जा सके, अशम्य

inexplicable इनें‍क्स्प्लिक-बल *a* जिसका कारण बताया न जा सके, जिसका कारण पता न चले, जो समझ में न आये, अबोधगम्य

inexpressible इनिक्स्प्रे‍ंसिबल *a* अनिर्वचनीय

Inexpressive इनिक्स्प्रे‍ंसिव *a* 1 (of gesture, word) जो कोई भाव व्यक्त न करे, अव्यंजक, जो विवक्षित अर्थ प्रकट न करे, अर्थहीन निरर्थक, 2 (of face) भावशून्य, ~ness *n* अर्थहीनता; भावशून्यता

inexpugnable इनिक्स्पग्न-बल *a* (of fortress) अजेय, दुर्जेय

in extenso L इन् **ऐक्स्टे‍ंन्सो** *adv* विस्तार सहित, पूरे का पूरा

inextinguishable इनिक्स्टिङ्ग्विशबल *a* न बुझने वाला, अनिर्वापणीय, अनिर्वाप्य

in extremis L इन् ऐक्स्ट्रीमिस *adv* प्राण-संकट में, मरणासन्न; *fig* बड़ी कठिनाई या मुसीबत में

inextricable इनें‍क्स्ट्रिक-बल *a* 1 (of place, situation etc) जिससे बच निकलना असंभव हो, कठिन, विकट, 2 (of problem) जिसे सुलझाना असंभव हो, जटिल, पेचदार

infallibility इन्फ़ैलि-बिलिटि *n* 1 अमोघता, 2 निष्पापता, अच्युतत्व (see foll)

infallible इन्फ़ैलिबल *a* 1 जो कोई ग़लती या अपराध न कर सके, 2 (of method, test, proof, etc) जिसमें ग़लती या असफलता की सम्भावना न हो, भ्रमरहित, अचूक, अमोघ, पक्का

infamous इन्फ़-मस *a* 1 बदनाम, कुख्यात, 2 घृणित, जघन्य, निन्दनीय, निन्दित

infamy इन्फ़-मि *n* बदनामी, अपयश, अपकीर्ति

infancy इन्फ़न्सि *n* 1 बचपन, शैशव, बाल्यकाल, बाल्यावस्था, 2 विकास की आरंभिक अवस्था

infant इन्फ़न्ट *n* बच्चा, शिशु, ~ **mortality** एक साल तक के बच्चों की मृत्यु, शिशु-मृत्यु; ~-**school** (प्रायः सात साल तक के) बच्चों का स्कूल, शिशुपाठशाला

infanticide इन्फ़ैन्टिसाइड *n* 1 जन्मते बच्चे की हत्या (वि॰ माता की अनुमति से), शिशुहत्या, 2 शिशुहत्या करने वाला, शिशुघातक

infantile, infantine इन्फ़ंटाइल, -टाइन *a* 1 बच्चों-जैसा, बचकाना, 2 बच्चों का, बच्चों को होने वाला [**infantile paralysis**=poliomyelitis], शिशुसंबंधी, शैशवकालीन, 3 जो आरंभिक अवस्था में हो

infantry इन्फ़न्ट्रि *n* पैदल सेना; **mounted** ~ सफ़र के लिए घुड़सवारी करने वाली परन्तु पैदल लड़ने वाली सेना; ~**man** प्यादा, पदाति

infatuate इन्फ़ैचुएट *vt* 1 पागल कर देना, 2 प्रेम में पागल कर देना, प्रणयोन्मत्त कर देना,; ~**d** *a* प्रणयोन्मत्त, आसक्त, मुग्ध [to be ~d **with** s.o.]

infatuation इन्फ़ैचुएशन *n* 1 प्रेमोन्माद, प्रणयोन्माद, आसक्ति, 2 सनक, खब्त, पागलपन [~ **for** s.o., sth]

infect इन्फ़े‍ंक्ट *vt* 1 (हवा, पानी आदि को) रोगजनक पदार्थ या कीटाणुओ से युक्त करना, दूषित करना, मैला या गन्दा करना, 2 (व्यक्ति को) संक्रामक रोग में ग्रस्त करना, रोग लगाना [~ed **with** cholera], 3 (विचार आदि) मन में बिठा देना [to ~ s.o. **with** an idea, opinion, etc.]

infection इन्फ़े‍ंक्शन *n* 1 (रोग का) संक्रमण, छूत, संक्रामक रोग, छूत की बीमारी, 2 आचार की भ्रष्टता, 3 दूसरे को कुछ करता देख कर वैसा ही करने की प्रवृत्ति, अंधानुसरण, अंधाधुंध अनुकरण, भेड़ियाधसान

infectious इन्फ़े‍ंक्शस *a* 1 (of air etc) रोग पैदा करने वाला, रोगजनक, 2 (of disease) छूत से लगने वाला, छूत का, संक्रामक; 3 (of emotions) झट दसरों को प्रभावित करने वाला, संक्रामक

infelicitous इन्फ़िलिसि-टस *a* (of word, expression) अप्रिय, अशोभन, भद्दा, अनुपयुक्त

infelicity इन्-फ़िलिसिटि *n* 1 दुःख, कष्ट, 2 दुर्भाग्य, 3 (of word, expression) अप्रियता, अनुपयुक्तता

infer इन्फ़र *vt* (-rr-) 1 अनुमान करना, परिणाम या निष्कर्ष निकालना [to ~ sth **from** sth, to ~ **that**], 2 अर्थ निकालना, या लगाना, समझना

inference इन्फ़रन्स *n* 1 अनुमान करना (see prec), 2 अनुमान, अनुमिति, परिणाम, नतीजा, निष्कर्ष [to draw an ~ **from** sth]

inferential इन्फ़रे‍ंन्शल *a* अनुमान पर आधारित या अवलंबित, अनुमान द्वारा उपलब्ध या ज्ञात, अनुमानात्मक, आनुमानिक

inferior इन्फ़िअरिअर *a* & *n* 1 नीचे का, निचला, अधोवर्ती, 2 निचले दर्जे का, निम्न कोटि का, हीन, छोटा, अवर, उतर या घट कर [to be ~ **to** s.o.], 3 घटिया, हल्का, निकृष्ट, *n* अधीन, मातहत, छोटा

inferiority इन्फ़ियरि-ऑ॑रिटि *n* 1 अवरता, छोटाई 2 घटियापन, हल्कापन, निकृष्टता, हीनता, 3 **inferiority complex** अपने आपको औरों से हीन समझना (और अपने को बड़ा बताने का यत्न करना) हीनभावना, हीनता मनोग्रन्थि

infernal इन्फ़र्नल *a* 1 नरक का, नरक-जैसा, नारकीय, 2 पैशाचिकः, दानवी, शैतानी, घृणित, जघन्य,बहुत बुरा

inferno इन्फ़र्नो *n* 1 नरक, 2 स्थान जहां कोई भयानक या जघन्य घटना हुई हो

infertile इन्फ़र्टाइल *a* 1 (of land) ऊसर, अनुपजाऊ, अनुर्वर, बंजर, 2 (of brain) प्रतिभाहीन

infertility इन्फ़र्-टिलिटि *n* 1 ऊसरपन, अनुपजाऊपन, अनुर्वरता, 2 (of female) बन्ध्यता, बांझपन

infest इन्फ़ें॑स्ट *vt* (of vermin, robbers, diseases) (कष्ट या दुःख देने के लिए) बहुत संख्या में होना, भरमार होना, घर या अड्डा बनाना, (in *pass*) का घर या अड्डा होना, से भरा होना [to be ~ed with vermin etc]; **~ation** *n* ग्रसन; **~ed** से ग्रस्त, से भरा हुआ

infidel इन्फ़िडल *n* & *a* नास्तिक, विधर्मी,काफ़िर, *a* 1 नास्तिकों का, काफ़िरों का, 2 अविश्वासी

infidelity इन्फ़िडें॑लिटि *n* 1 (ईसाई या अन्य धर्म में) अविश्वास, नास्तिकता, अश्रद्धा, श्रद्धाहीनता, 2 विश्वासघात, बेवफ़ाई, **conjugal ~** व्यभिचार

infighting *n* (संस्था की) भीतरी लड़ाई

infiltrate **इन्फ़िल्ट्रेट** *vt* & *i* 1 द्रव को रिसा कर अन्दर डालना [to ~ a liquid into sth], 2 द्रव का रिस-रिस कर अन्दर घुसना, रिसना, अन्तःसरण करना, (द्रव का पदार्थ में) व्याप्त हो जाना, भिगोना, गीला करना, 3 चोरी-छिपे क़िसी प्रदेश में घुस कर उस पर कब्ज़ा कर लेना, घुस-पैठ करना, राजनीतिक दल में अनधिकार प्रवेश करना, **infiltration** *n* 1 अन्तःसरण, 2 घुस-पैठ

infiltrator इन्फ़िल्ट्रेटर *n* अनधिकार प्रवेश करने वाला, घुस-पैठ करने वाला, घुस-पैठिया

infinite इन्फ़िनिट *a* 1 अनन्त, असीम, अपार, अपरिमित, बहुत बड़ा, अनियत, 2 (**with** *pl noun*) असंख्य, अनगिनत, बेशुमार, 3 **The Infinite** ईश्वर, ब्रह्म, भूमा, 4 **the infinite** अनन्त देश; **~ly** *adv* अत्यन्त, बहुत अधिक

infinitesimal इन्फ़िनि-टें॑सिमल *a* & *n* बहुत थोड़ा, अति लघु, अत्यल्प, अत्यणु, अतिसूक्ष्म

infinitive इन्फ़िनिटिव *a* & *n* कर्ता का निर्देश न करने वाला (क्रिया का रूप) (*e.g.* 'see' in I don't see, 'to see' in I want to see), (in Eng) क्रिया का मूल रूप; (in Skt) तुमुन्नन्त, तुमर्थ

infinitude इन्फ़िनिट्यूड *n* अनन्तता, आनन्त्य, अपरिमितता, असंख्य होना, **~ of** अनन्त, असीम, असंख्य

infinity इन्फ़िनिटि *n* 1 = prec; 2 *math* अनन्त मात्रा या संख्या, अनन्त

infirm इन्फ़र्म *a* 1 (वि० बुढ़ापे के कराण) दुर्बल, कमज़ोर, क्षीणकाय, 2 (of person, mind, judgment, etc) जिसमें दृढ़ता न हो, जो दृढ़संकल्प न हो, अदृढ़, अस्थिर, ढीला-ढाला, ढुलमुल, डांवांडोल [~ of purpose]

infirmary इन्फ़र्मरि *n* 1 (स्कूल, कारख़ाने आदि का) रोगीसदन, 2 अस्पताल

infirmity इन्फ़र्मिटि *n* 1 दुर्बलता, दौर्बल्य, 2 रोग, बीमारी, 3 **~ of** purpose संकल्प की शिथिलता

infix इन्फ़िक्स *vt* (कोई बात) मन में बिठा देना, [to ~ an idea etc *in* s.o.'s mind]

inflame **इन्-फ़्लेम** *vt* & *i* 1 आग लगाना, 2 उभाड़ना, उकसाना, उत्तेजित करना, [to ~ desires, passions, etc]; *vi* भड़क उठना, उत्तेजित होना, 3 *med* (घाव, शरीर आदि में) जलन पैदा करना, जलन होना [an ~d boil]

inflammable इन्फ़्लैम-बल *a* & *n* 1 जिसे जल्दी आग लग जाये, भभक उठने वाला, ज्वलनशील (पदार्थ), 2 भड़क उठने वाला, तैश में आ जाने वाला, गुस्सैल, क्रोधी (व्यक्ति)

inflammability इन्फ़्लैम-बिलिटि *n* **(f. prec)** ज्वलनशीलता

inflammation इन्फ़्लमेशन *n* 1 आग लगाना, जल उठना, 2 उत्तेजित करना, उत्तेजना दिलाना, 3 (*med*) दाह, जलन, सूजन, शोथ [~ of the lungs etc]

inflammatory इन्फ़्लैम-टरि *a* 1 भड़काने वाला, उभाड़ने वाला, उत्तेजित करने वाला, उत्तेजक [~ speeches]; 2 जलन या दाह पैदा करने वाला प्रदाहक; सूजन या शोथ पैदा करने वाला, शोथकर, शोथात्मक

inflate इन्फ़्लेट *vt* 1 हवा या गैस भरना, 2 फुलाना 3 (व्यक्ति में) अभिमान भरना, अभिमानी बनाना, 4 मुद्रास्फीति करना, मूल्य वृद्धि करना, कीमतें बढ़ाना

inflated *a* 1 बढ़ा हुआ [~ price etc], स्फीत; 2 **~ with pride** गर्व से फूला हुआ, 3 ~ style शब्दाडम्बरपूर्ण शैली

inflater *n* हवा भरने का पम्प

inflation इन्फ़्लेशन *n* 1 हवा भरना, फुलाव, फुलावट, 2 नोटों की संख्या में असाधारण वृद्धि, मुद्रास्फीति, 3 कीमतों का बढ़ना, महंगाई

inflationary *a* 1 मुद्रास्फीति-संबंधी, मुद्रास्फीति का; स्फीतिकारी [~ tendency], 2 महंगाई का, महंगाई लाने वाला

inflect इन्फ़्लें॑क्ट *vt* 1 अन्दर की ओर झुकाना या मोड़ना [to ~ a ray], 2 (*gram*) संज्ञा, सर्वनाम आदि के विभिन्न वचनों और विभक्तियों में रूप बनाना, विभक्ति लगाना, 3 (स्वर को) ऊंचा-नीचा करना

inflection = inflexion

inflexibility *n* 1 अनम्यता, 2 दृढ़ता, सख़्ती, कड़ाई, अदम्यता, 3 अपरिवर्तनीयता

inflexible इन्फ्लें‌क्सिबल *a* 1 न मुड़ने वाला, अनम्य, 2 *fig* न झुकने वाला, दृढ़, कड़ा, सख़्त, अडिग, अदम्य [an ~ will], 3 जिसमें परिवर्तन न किया जा सके, अपरिवर्तनीय [~ constitution]

inflexion इन्फ़्लें‌क्शन *n* 1 मुड़ना, झुकना, 2 *gram* संज्ञा, सर्वनाम आदि का विशेष वचन और विभक्ति में रूप, सविभक्तिक रूप; विभक्ति 3 स्वर का उतार-चढ़ाव; ~**al** *a* (of lang) विभक्ति-प्रत्यय वाला, विभक्ति-प्रत्यय संबंधी, विभक्ति-प्रधान

inflict इन्फ़्लिक्ट *vt* 1 (चोट, घाव आदि) लगाना या करना [to ~ a wound on s.o.], 2 (दुःख, कष्ट आदि) देना या पहुंचाना [to ~ suffering]; 3 (दंड) देना, (जुर्माना) करना या लगाना [to ~ a punishment, fine, etc. on s.o.], 4 (अप्रिय वस्तु) ज़बरदस्ती दे देना, लादना [I won't like to ~ myself (*or* my company) on you]

infliction इन्फ़्लिक्शन *n* 1 (दंड का) देना, (जुर्माने का) लगाना, 2 दण्ड, जुर्माना, 3 कष्ट, पीड़ा, यातना, दुःखदायी बात

inflorescence इन्फ़्लं-रें‌सन्स *n* 1 फूल आना, पुष्पागम; 2 (पेड़ पर आने वाले) समस्त फूल, पुष्प-समूह, पुष्पावली; 3 *bot* डंडी पर फूलों का विन्यास, पुष्प-विन्यास

inflow इन्फ़्लो *n* अन्दर की ओर बहाव या प्रवाह, अन्तर्वाह, अन्तः प्रवाह

influence इन्फ़्लुअन्स *n* & *vt* 1 प्रभाव, असर, दबाव [to exert an ~ on s.o.], 2 **under the ~ of drink** शराब के नशे में, शराब पिये हुए, 3 **undue influence** धमकी, डरावा, 4 रसूख़ [I'll use my ~ to get you a job], इख़्तियार, अधिकार, हैसियत, सत्ता, *vt* प्रभाव या असर डालना, प्रभावित करना, दबाव डालना

influential इन्फ़्लुऐं‌न्शल *a* 1 असर डालने वाला, प्रभावशाली, 2 रसूख़ वाला, हैसियत वाला

influenza इन्फ़्लुऐं‌न्ज़ः *n* जुकाम के साथ बुख़ार, श्लेष्मा ज्वर, इंफ़्लूएंज़ा

influx इन्फ़्लक्स *n* 1 अन्दर की ओर बहाव या प्रवाह, अन्तर्वाह, अन्तःप्रवाह, (नाले का नदी में) गिरना, 2 प्रवेश, आगमन [~ of new ideas], 3 समागम, समुदाय, भीड़ [an ~ of visitors]

inform इन्फ़ार्म *vt* & *i* 1 बताना, सूचना देना, सूचित करना [to ~ s.o. of sth, to ~ s.o. that...], 2 जानकारी देना [to ~ s.o. on, about, sth]; 3 अनुप्राणित करना [Our Constitution is informed **with** the spirit of democracy], 4 *vi* to ~ **against** s.o. किसी की शिकायत करना, मुख़बिरी करना

informal इन्फ़ॉर्मल *a* 1 जो नियम या विधि या कायदे के अनुसार न हो, अनियमित, 2 जिसमें रस्म या रिवाज का ख़्याल न रखा जाये, अनौपचारिक [an ~ visit, meeting, etc]; बेतकल्लुफ़; ~**ity** *n* अनौपचारिकता; बेतकल्लुफ़ी, ~**ly** *adv* 1 ग़ैर-सरकारी तौर से, अनधिकृत रूप से, 2 अनौपचारिक ढंग से

informant इन्फ़ॉर्मन्ट *n* ख़बर या सूचना देने वाला, मुख़बिर, सूचक, सूचना-दाता

In forma pauperis इन् फ़ार्मः पॉपरिस *adv*(*law*) कंगाल या अकिंचन के रूप में

information इन्फ़र्मेशन *n* 1 बताना, सूचना देना, 2 सूचना, इत्तला, समाचार, ख़बर, जानकारी, ज्ञान, पता [to give, get, ~ on, about, sth], ~ **centre** सूचनाकेन्द्र, 3 *law* (पुलिस, मजिस्ट्रेट आदि के पास की गई) शिकायत [to lay an ~ **against** s.o. **with** the police etc]; ~**al** *a* सूचनासंबंधी, सूचनात्मक [~ publicity], जानकारी देने वाला या देने का

informative, informatory इन्फ़ॉर्म-टिव,-टरि *aa* जानकारी देने वाला, ज्ञानवृद्धि करने गाला, ज्ञानवर्द्धक [informative talk]

informed *a* जानकार [Well-~; ill-~]; ~ **sources** जानकार सूत्र; ~ **reader** सुविज्ञ पाठक

informer इन्फ़ॉर्मर *n* 1 सूचना दाता, 2 (पुलिस आदि के पास) किसी की शिकायत करने वाला, मुख़बिर

infra इन्फ़्रः *adv* नीचे, (पुस्तक में) आगे देखिये; **infra dig** *a* शान के ख़िलाफ़ [It would be *infra dig* to do such and such thing]; **infrared rays** स्पेक्ट्रम में लाल किरणों के आगे की (अदृश्य) किरणें, अवरक्त किरणें; **infrasonic** (*of sound waves*) इतना क्षीण कि सुनाई न पड़े, अवश्रव्य; **infrastructure** (संस्था, उद्योग आदि का) आवश्यक बुनियादी ढांचा (e.g. प्रतिरक्षा के लिये सेना के अतिरिक्त हवाई-अड्डे, संचार-साधन आदि), आधारिक ढांचा

infraction इन्फ़्रैक्शन *n* (of law, right etc) भंग, उल्लंघन, अतिक्रमण, व्यतिक्रम, व्यतिक्रमण

infrequent इन्फ़्रीक्वन्ट *a* कभी-कभार होने वाला, बहुत कम, विरल; ~**ly** *adv* कभी कभार

infringe इन्फ़्रिन्ज *vt* & *i* 1 उल्लंघन करना, भंग करना, तोड़ना [to ~ a law, a rule, an oath etc.], 2 **to ~ upon** s.o.'s rights किसी के अधिकारों का अतिक्रमण करना, ~**ment** *n* उल्लंघन, अतिक्रमण, व्यतिक्रम

infructuous इन्फ़्रक्टयुअस *a* 1 जिस पर फल न आये, फलहीन, 2 *fig* निष्फल, व्यर्थ, बेकार, फ़ज़ूल [~ expenditure]

infuriate इन्फ़्युअ-रिएट *vt* ग़ुस्सा दिलाना, क्रुद्ध करना, आग-बबूला करना

infuse इन्फ़्यूज *vt* & *i* 1 डालना, भरना, फूंकना [to ~ courage **into** s.o.], 2 (जड़ी-बूटी, चाय आदि का रस निकालने के लिए) पानी में भिगोना [to infuse herbs, tea etc.], *vi* भीगना [Let it ~ for five minutes];

infusible *a* न गलने वाला, अगलनशील

infusion इन्‌फ़्यूश्जन *n* 1 भरना, फूंकना, 2 (पानी में भिगोने से निकला हुआ) रस, काढ़ा, क्वाथ, फांट

ingeminate इन्‌जेमिनेट *vt* बार-बार कहना, दुहाई देना, to ~ peace शांति के लिए बार-बार अनुरोध करना

ingenious इन्‌जीनिअस *a* 1 (उपाय सोचने या तरकीब निकालने में) होशियार, सूझबूझ वाला, चतुर, पटु [~ diplomat], 2 चतुराई से किया हुआ, सूझबझ का [~ theory], कारीगरी से बनाया हुआ, [~ machine, tool, etc] ~**ness**, **ingenuity** (इन्-जिन्यूइटि) *nn* चतुराई, सूझबूझ, कारीगरी, पटुता

ingenuous इन्‌जें‍न्युअस *a* 1 भोला, सीधा-सादा, सरल-स्वभाव, निश्छल, निष्कपट, 2 स्पष्टवादी, साफ़ कहने वाला, सच्चा, खरा; ~**ness** *n* 1 भोलापन, सरल स्वभाव, 2 स्पष्टवादिता

ingest इन्‌जें‍स्ट *vt* (भोजन आदि) निगलना, अन्तर्ग्रहण करना; ~**ion** इन्‌जें‍स्चन *n* अन्तर्ग्रहण

ingle इङ्गल *n* (घर की दीवार में बनी) अंगीठी में जलती हुई आग ~**-nook** (घर में) अंगीठी के पास बैठने की जगह

inglorious इन्‌ग्लॉरिअस *a* 1 बदनामी का, कलंकपूर्ण, कलंकित, लज्जाजनक, शरमनाक, 2 जिसे कोई जानता न हो, ख्यातिरहित, अज्ञातनामा, नगण्य

ingoing इन्‌गोइन्ग *a* अन्दर आने वाला, पद ग्रहण करने वाला

ingot इङ्गट *n* (सोने, चांदी, इस्पात आदि का) डला, सिल, सिल्ली

ingrained इन्‌ग्रेन्ड *a* 1 अन्दर घुसा हुआ, जमा हुआ, ~ dirt रोमकूपों में जमी हुई धूल, 2 जिसने जड़ पकड़ ली हो, बद्धमूल, पक्का, स्थायी, गहरा [~ prejudices]

ingratiate इन्‌ग्रेशियेट *vt* रिझाना, किसी का अनुग्रह प्राप्त करना, कृपापात्र बनना [to ~ **oneself with s.o.**]

ingratitude इन्‌ग्रैटिट्‌यूड *n* कृतघ्नता, अकृतज्ञता, नमकहरामी

ingredient इन्‌ग्रीडिअन्ट *n* (मिश्रित वस्तु का कोई एक) अवयव, अंश, उपादान, घटक, संघटक

ingress इनग्रें‍स *n* 1 अन्दर आना, प्रवेश, 2 प्रवेशाधिकार

inguinal इंग्विनल *a* उरुमूल का, उरुमूल-संबंधी

ingurgitate इन्‌गर्जिटेट *vt* 1 निगलना, हड़प करना, 2 *fig* समा लेना, डुबोना, निमग्न करना; **ingurgitation** *n* निगरण

inhabit इन्‌हैबिट *vt* (of man or animal) रहना, बसना, निवास करना [to ~ a house, town, region]; ~**able** *a* रहने लायक, निवास-योग्य (घर, स्थान आदि)

inhabitancy इन्हैबिटन्सि *n* निवास (वि० नियत अवधि का निवास जिससे निवासी को कुछ अधिकार मिल सकें)

inhabitant इन्हैबिटन्ट *n* वासी, निवासी, रहने वाला, बाशिन्दा

inhabitation इन्हैबिटेशन *n* स्थान जहां लोग बसे हुए हों, बस्ती, आबादी

inhalation इन्हलेशन *n* (अन्दर खींचा गया) सांस, निश्वास, निश्वसन, अन्तःश्वसन

inhale इन्हेल *vt* 1 सांस लेना, श्वास लेना, अन्तःश्वसन करना, 2 सुगंधित द्रव्य को सूंघना, सूंघते हुए सांस लेना [to ~ a perfume]; ~**r** *n* श्वास लेने का यन्त्र, श्वास-यन्त्र, श्वसित्र

inhere इन्‌हिअर *vi* 1 (of qualities etc) (किसी में) विद्यमान होना, 2 (of rights etc) (व्यक्ति को) प्राप्त होना, (व्यक्ति में) निहित होना [to ~ in s.o.]

inherent इन्‌हिअरन्ट *a* 1 (of rights, qualities, etc) सहज, स्वाभाविक [~ quality], जन्मसिद्ध [~ love of truth], कुलक्रमागत, 2 निहित, अन्तर्निहित

inherit इन्‌हें‍रिट *vt* (of property, rank, title, etc) उत्तराधिकार में पाना, वंशानुक्रम से पाना, बाप-दादा से पाना, दाय पाना, पाना [to ~ sth from s.o.]; ~**ed** *a* वंशागत

inheritance इन्हें‍रिटन्स *n* 1 उत्तराधिकार, विरासत [law of ~], 2 उत्तराधिकार में मिली वस्तु, बपौती, विरासत, दाय

inheritor इन्हें‍रिटर *n* उत्तराधिकारी, दायाधिकारी, दायाद

inhibit इन्‌हिबिट *vt* 1 रोकना, मना करना, निषेध करना, निषिद्ध करना [to ~ s.o. from doing sth], 2 (क्रिया, प्रक्रिया, भावना आदि का) निरोध करना, दबा देना, रोकना; ~**ed** *a* निरुद्ध, an inhibited person व्यक्ति जो अपनी भावनाओं को व्यक्त न कर सके; ~**or** *n* निरोधी, निरोधक

inhibition इन्‌हि-बिशन *n* 1 निषेध, मनाही, 2 *psychol* किसी काम से स्वभावतः परहेज़ करना मानो वह निषिद्ध हो, परहेज़ करने की आदत, हिचकिचाहट, हिचक, संकोच, निरोध; काम जिससे परहेज किया जाये, निषिद्ध काम [He has no ~s]; दबी हुई भावना

inhospitable इन्हों‍स्-पिट-बल *a* 1 आतिथ्य न करने वाला, अनातिथेय, 2 (of region, coast, etc) जहां यात्री को शरण या आराम न मिले, सुनसान, उजाड़, **inhospitality** इन्हों‍स्पिटैलिटि *n* आतिथ्य न करने का स्वभाव; अनातिथ्य, (यात्री के के लिये) सुखप्रद न होना

inhuman इन्‌ह्यूमन *a* अमानुषिक, अमानवीय, पाशविक, निष्ठुर, क्रूर, क्रूरतापूर्ण, बर्बरतापूर्ण [~ treatment], ~**ity** *n* अमानुषिकता, निष्ठुरता, क्रूरता, बर्बरता

inhumane इन्‌ह्यूमेन *a* अमानवीय, अमानवोचित,

दयारहित, निष्ठुर

inhume इन्ह्यूम *vt* गाड़ना, दबाना, दफ़नाना

inimical इनिमिकल *a* 1 (f. enemy) शत्रु-जैसा, शत्रुता का, शत्रुतापूर्ण, विरोधी, प्रतिकूल, उल्टा, 2 हानिकर, अपकारक,

inimitable इनिमि-ट-बल *a* जिसकी नकल न की जा सके, अननुकरणीय, अपने-जैसा आप, अद्वितीय, अनुपम, निराला, अनूठा

iniquitous इनिक्विटस *a* 1 घोर अन्याय का, अन्याय्य, न्यायविरुद्ध, 2 अन्यायी, दुष्ट, पापी, दुराचारी, अत्याचारी

iniquity इ-निक्वि टि *n* 1 घोर अन्याय, अन्याय्यता, 2 दुष्टता, दुराचार, अत्याचार

initial^1 इ-निशल *a* & *n* 1 शुरू का, आरंभिक [~ stage, expenses, difficulties], 2 आदि, आद्य, प्रथम, पहला [initial letter], (*n pl*) **initials** 1 नाम के प्रथम अक्षर, आद्यक्षर या आद्याक्षर, 2 छोटा हस्ताक्षर

initial^2 *vt* (-ll- *or* -l-) नाम के प्रथम अक्षर लिखना, (छोटे) हस्ताक्षर करना

initiate^1 इनिशियेट *vt* 1 आरंभ करना, सूत्रपात करना, प्रवर्तन करना, चलाना [to ~ a reform, fashion, etc], 2 दीक्षा देना, दीक्षित करना, (किसी को रहस्य आदि का) उपदेश करना, सिखाना [to ~ s.o **into** a secret, science, etc], 3 विधिपूर्वक प्रविष्ट करना, दाख़िल करना, सदस्य बनाना [to ~ s.o. **into** a society etc]

initiate^2 इनिशिअट *a* & *n* दीक्षित (व्यक्ति)

initiation इनिशिएशन *n* 1 आरंभ, सूत्रपात, श्रीगणेश, प्रवर्तन, 2 दीक्षा, प्रवेश

initiative इनिश्यटिव *n* 1 (पहली) कार्यवाही, पहला (क़दम), उपक्रम, पहल, to take the ~ in **doing** sth किसी काम में पहल क़रना, किसी काम में अगुआ होना या बनना; 2 अपनी प्रेरणा या सूझ या ज़िम्मेवारी, आत्मप्रेरणा, [**to act, to do** sth, **on** one's **own** ~]

initiator इनिशियेटर *n* प्रवर्तक

initiatory इनिशिअ-टरि *a* (of rite) दीक्षा का, दीक्षा-संबंधी

inject इन्जे`क्ट *vt* (सूई या पिचकारी से द्रव, औषध आदि) डालना, भरना, सूई लगाना, इंजेक्शन देना [to ~ morphia **into** s.o.'s arm: to ~ s.o.'s arm **with** morphia]; (*fig*) to ~ new life into an organization संस्था में नई जान डालना

injection इन्जे`क्शन *n* 1 सूई लगाना, 2 इंजेक्शन (की दवा)

injudicious इन्जुडिशस *a* 1 विवेकहीन, अविवेकी, बेसमझ, नासमझ, 2 विवेकहीनता का, बेसमझी का, नासमझी का; ~**ness** *n* विवेकहीनता, बे-समझी, ना-समझी

injunction इन्जङ्क्शन *n* 1 (अधिकारवान् व्यक्ति, शास्त्र आदि का) आदेश, आज्ञा [to give s.o. strict ~s **to do** sth], 2 ~ of the scriptures शास्त्रविधान, 3 (व्यक्ति को ग़लत काम से रोकने के लिए न्यायालय की) निषेधाज्ञा, तंबीह, (अपकृत व्यक्ति को हर्जाना दिलाने के लिए) न्यायालय का आदेश

injure इन्जर *vt* 1 अपकार करना, नुक्सान या हानि पहुंचाना [to ~ s.o.'s interests], 2 ख़राब करना, बिगाड़ना [to ~ one's eyes, health, etc], 3 चोट पहुंचाना, घायल करना

injured इन्जर्ड *a* 1 जिसकी हानि या क्षति हुई हो, जिसका अहित या अनिष्ट हुआ हो, अपकृत [the ~ party], 2 जिसे चोट लगी हो या घाव लगा हो, घायल

injurious इन्जुअ-रिअस *a* 1 हानिकारक, अहितकर अनिष्टकर, 2 (of lang) अपमानजनक

injury इन्जरि *n* 1 हानि, क्षति, अपकार, अनिष्ट, 2 चोट, घाव, 3 (यन्त्र आदि की) ख़राबी, बिगाड़

injustice इन्जस्टिस *n* 1 अन्याय, बेइंसाफ़ी, पक्षपात, अंधेर; You do him an ~ उसके बारे में तुम्हारी राय या धारणा ठीक नहीं है

ink इङ्क *n* स्याही, मसी, रोशनाई, **inkstand** कलमदान

ink^2 *vt* 1 *print* (टाइप पर) स्याही लगाना, स्याही फेरना, 2 to ink **in, over** (पेन्सिल की रेखाओं पर) स्याही फेरना, स्याही लगाना

inkling इङ्क्लिङ्ग *n* भनक, पता, इशारा, संकेत, किंचित् ज्ञान, आभास [I had an ~ **of** the truth]

inky इङ्कि *a* जिसपर स्याही के धब्बे या छींटे पड़े हों, काला, स्याह

inlaid इन्लेड *a* (*pp* of inlay^1) जड़ाऊ

inland इन्लैन्ड, इन्लन्ड *n*, *a* & *adv* देश का भीतरी या आन्तरिक या आभ्यन्तर भाग, *a* देश के भीतरी भाग में (अर्थात् समुद्र-तट से दूर) स्थित, भीतरी भाग में होने वाला, अन्दरूनी, भीतरी, अन्तर्देशीय, देशीय [~ trade, transport, letter, etc]; *adv* देश के भीतरी भाग में, भीतरी भाग की ओर

in-laws *n pl* (*colloq*) ससुराल के लोग, ससुराल वाले

inlay इनले *vt* (inlaid) 1 एक वस्तु को दूसरी के अन्दर इस तरह रखना या जमाना कि दोनों ऊपर से समतल हों [to ~ sth **in** sth], 2 जड़ना, (रत्न आदि से) खचित या जटित करना [to ~ sth **with** sth], 3 (मोटे पृष्ठ को बीच में से काट कर उसमें चित्र आदि) जमाना, बैठाना, जोड़ना

inlay^2 *n* जड़त, जड़ाई, जड़ाऊ काम, पच्ची, जटित या खचित वस्तु

inlet इन्ले`ट, इन्लिट *n* 1 (भाप आदि का) अन्दर आना, प्रवेश, 2 (भाप के) अन्दर आने का रास्ता, प्रवेश-छिद्र, प्रवेशद्वार, 3 संकरी खाड़ी, उपखाड़ी, 4 अन्दर जमाई या जड़ी हुई वस्तु

inmate इन्मेट *n* (मकान आदि में) ठहरने वाला, रहने वाला, निवास करने वाला [~s of a house, an asylum, etc]

inmost इन्मोस्ट *a* **1** बिल्कुल अन्दर का, अन्तस्तम, **2** *fig* (दिल की) गहराई में पाया जाने वाला, गुप्त [our ~ thoughts]

inn इन *n* **1** सराय, धर्मशाला; **innkeeper** सराय का मालिक, **2 The inns of Court** लन्दन के चार कानूनी संस्थान जिनकी अनुमति से ही कोई व्यक्ति वकालत का पेशा शुरू कर सकता है; वे हैं :- Inner Temple, Middle Temple, Lincoln's Inn and Gray's Inn.

innate इनेट *a* सहज, सहजात, जन्मजात, स्वाभाविक, नैसर्गिक; ~ly *adv* स्वभावतः

inner इनर *a* **1** अन्दर का, अन्दरूनी, भीतरी, अन्तरङ्ग, ~ **cabinet** अन्तरङ्ग मंत्रिमडल; **2** ~ **meaning** गूढ़ अर्थ, **3 inner circle** अन्तरङ्ग जनों की मंडली, दीक्षित-मंडली, ~ **space** पृथ्वी और बाह्य अन्तरिक्ष के बीच का प्रदेश, भीतरी अन्तरिक्ष

innermost = inmost

innings इनिङ्ग्ज़ *n* (*pl* same) **1** (क्रिकेट आदि में) पाली, पारी, बारी, **2** *fig* राजनीतिक दल के सत्तारूढ़ रहने की अवधि, पदाधिकारी का कार्यकाल [He had a long innings]

innocence इन-सन्स *n* **1** निष्पापता, निरपराधता, निर्दोषता, **2** भोलापन, सरल स्वभाव, निष्कपटता, सादगी

innocent इन-सन्ट *a* **1** निष्पाप, बेगुनाह, **2** निरपराध, निर्दोष, बेकसूर, **3** भोला-भाला, सरल-स्वभाव, निष्कपट, निश्छल [as ~ as a child], **4** *colloq* रहित, He is quite **innocent of** Sanskrit उसे संस्कृत का एक अक्षर नहीं आता

innocuous इनॉक्युअस *a* **1** हानि न पहुंचाने वाला, जिसमें कोई बुराई या ख़तरा न हो, **2** (esp. of snakes) अहिंस्र, विषरहित

innovate इन-वेट *vi* **1** नया ढंग या तरीका चलाना, नई रीति या पद्धति या प्रथा चलाना, **2** परिवर्तन लाना या करना [to ~ in sth]

innovation इन-वेशन *n* नई पद्धति, नवीन प्रक्रिया, नया तरीका [technical ~s in industry]; नई बात; नई प्रथा, नवाचार

innoxious इनॉक्शस *n* हानि न पहुंचने वाला, अहानिकर

innuendo इन्युएॅन्डो (*pl* -oes) *n* अप्रत्यक्ष संकेत, ध्वनित निर्देश (जो प्रायः निन्दासूचक होता है), व्यंग्य, व्यंग्योक्ति [to throw out ~s against s.o.]

innumerable इन्युम-र-बल *a* असंख्य, अनगिनत, बेशुमार, बेहिसाब, बहुत अधिक

inobservance इनब्ज़र्वन्स *n* **1** अनवधान, ध्यान न देना, **2** (कानून, वचन आदि का) पालन न करना, उल्लंघन, अवज्ञा, उपेक्षा [~ of a law, promise, etc]

inoculate इनॉक्युलेट *vt* टीका लगाना [to ~ s.o. with a germ; to ~ s.o. against a disease]; **inoculation** *n* टीका (लगाना); **inoculator** *n* टीका लगाने वाला

indorous इनोडरस *a* गन्धरहित, निर्गन्ध

inoffensive इन-फ़ॅन्सिव *a* **1** (of person) नाराज़ न करने वाला, शरारत न करने वाला, **2** (of action etc) जो आपत्तिजनक न हो, आपत्तिरहित **3** (of smell) जो ख़राब या अप्रिय न हो

inoperative इनॉप्र-टिव *a* (of law etc) **1** जिस पर अमल न हो रहा हो, अप्रवर्ती, निष्प्रभाव, **2** जिस का अमल या व्यवहार से सबंध न हो, अप्रवर्तनात्मक, अव्यावहारिक [the ~ part of the resolution]

inopportune इनॉपर्चून *a* असामयिक, अकालिक, अप्राप्तकाल, बेमौका

inordinate इनॉर्डि-नट *a* **1** अत्यधिक, अतिमात्र, बेहद [the ~ delay], **2** मर्यादा-रहित, अमर्यादित, मर्यादा का उल्लंघन करने वाला, असंयमी, असाधारण, to keep ~ hours रात में बहुत देर से घर लौटना

inorganic इनॉर्गैनिक *a* **1** (*chem*) खनिज, अकार्बनिक [~ compounds], अवयवरहित; *biol* अजैव

input इन्पुट *n* & *vt* (-tt-, input *or* inputted) जो चीज़ अन्दर डाली जाये, *e.g.* (खेत में) बीज, खाद आदि; (यन्त्र में) बिजली; (कंप्यूटर में) आंकड़े, निविष्टि, निवेश; *vt* निविष्ट करना

inquest इन्क्वेॅस्ट *n* जांच, सरकारी या अदालती जांच, अन्वीक्षण, तहकीकात; **Coroner's inquest** (see coroner)

inquietude इन्क्वाइअ-ट्यूड *n* (मन या शरीर की) बेचैनी, बेकली, व्याकुलता, घबराहट

inquire, en- इन्क्वाइअर *vt* & *i* **1** पूछना [to ~ sth of s.o.; to ~ **about** sth], पूछ-ताछ करना, **2 to ~ after** s.o., **after** s.o.'s **health** किसी का हाल-चाल पूछना, **3** to ~ **into** sth जांच करना, जांच-पड़ताल करना, तहकीकात करना [We will ~ into the matter]

inquiring *a* जिज्ञासु [an ~ mind], ~ly *adv* जिज्ञासापूर्वक

inquiry इन्क्वाइअरि *n* **1** पूछ-ताछ [to make inquiries about sth]; spirit of ~ जिज्ञासा; ~ **office** सूचना-कार्यालय, **2** जांच, जांच-पड़ताल, तहकीकात [to conduct, hold, an ~ into sth]

inquisition इन्क्वि-ज़िशन *n* **1** खोज, अन्वेषण, समीक्षण, **2** सरकारी या अदालती जांच-पड़ताल या तहकीकात; ~**al** *a* जांच-संबंधी, तहकीकाती

inquisitive इन्क्विज़िटिव *a* जिज्ञासु, कुतूहली, पूछ-ताछ करने वाला, टोह लेने वाला, दूसरों का भेद लेने वाला; ~**ness** *n* जिज्ञासा, कुतूहल, पूछ-ताछ करने का स्वभाव

inquisitor इन्क्विज़िटर *n* जांच-अधिकारी, अन्वे-

पणाधिकारी; ~**ial** इन्‌क्विज़िटॉरिअल *a* अन्वेषणाधिकारी-जैसा, टोह लेने के लिए किया हुआ, अन्वेषणात्मक, तहकीकाती

inroad इन्‌रोड *n* 1 आक्रमण, चढ़ाई, धावा, 2 *fig* (किसी के अधिकार आदि का) अतिक्रमण, (अधिकार) छीनना [to make ~s **upon** s.o.'s rights, time, etc]

inrush इन्‌रश *n* एकाएक अन्दर घुस आना [~ of water, visitors, etc] प्रवेश, आगमन

insalubrious इन्‌सलूब्रिअस *a* (of climate or place) अस्वास्थ्यकर

insane इन्‌सेन *a* 1 पागल, उन्मत्त, उन्मादी, विक्षिप्त, दीवाना, 2 पागलपन का, मूर्खतापूर्ण

insanitary इन्‌सैनिटिर *a* अस्वास्थ्यकर, रोगजनक, गन्दा

insanity इन्‌सैनिटि *n* पागलपन, उन्माद, मानसरोग

insatiability इन्‌सेश-बिलिटि *n* 1 अशाम्यता, 2 अतृप्यता, अतिलोलुपता

insatiable इन्‌सेश-बल *a* 1 (of desires etc) जिसकी शान्ति न हो, जिसका शमन न हो, अशाम्य, 2 (of person) जिसकी तृप्ति न हो, अति लोलुप, लोभी, बहुत लालची [a politician ~ **of** power]

insatiate इन्सेशियट *a* जिसकी कभी तृप्ति न हो, अतृप्य, अतर्पणीय

inscribe इन्‌स्क्राइब *vt* 1 (पत्थर, धातु आदि पर अक्षर आदि) खोद कर लिखना, उत्कीर्ण करना [The tablet is ~d **with** Brahmi characters], 2 (काग़ज़ आदि पर) अक्षर लिखना, सूची में नाम लिखना, 3 *geom* त्रिभुज, दायरे आदि के अन्दर कोई आकृति बनाना [to ~ a circle **in** a triangle]

inscription इन्‌स्क्रिप्शन *n* (स्मारक, सिक्के आदि पर) खुदे या लिखे अक्षर, उत्कीर्ण लेख, शिलालेख, मुद्रालेख, अभिलेख, लेख; ~**al** *a* शिलालेखीय, मुद्रालेखीय

inscrutable इन्‌स्क्रूट-बल *a* 1 जिसका भेद न पाया जा सके, समझ में न आने वाला, दुर्ज्ञेय, अत्यन्त रहस्यमय [~ are the ways of God!], 2 (of face) जिससे व्यक्ति के भावों का पता न लगे, गहन-गंभीर

insect इन्‌सेॅक्ट *n* 1 कीट, कृमि, कीड़ा, पतंगा, 2 नगण्य व्यक्ति, तुच्छ प्राणी; **insecticidal** *a* कीटनाशक, कृमिनाशक; **insecticide** इन्‌सेॅक्टिसाइड *n* कीटनाशक या कृमिनाशक औषध, कीड़े मारने की दवाई; **insectivore** इन्‌सेॅक्टिवॉर *n* कीटभक्षक या कृमिभोजी जीव; **insectivorous** इन्-सेॅक्-टिवरस *a* कीटभक्षी, कीटाहारी, कृमिभोजी, **insectology** इन्‌सेॅक्टॉल-जि *n* (वि० मानवीय अर्थव्यवस्था से संबंधित) कीटविज्ञान

insecure इन्‌सिक्युअर *a* 1 जिसके लिए ख़तरा बना हुआ हो, जिसके बचाव का प्रबन्ध न हो, बेबचाव, अरक्षित Being alone in the house, she felt ~], 2 (ताला, चटख़नी आदि) जो पक्का न हो, कच्चा, अदृढ़, कमज़ोर, टूट जाने वाला, (बर्फ़, धरती आदि) जो ठोस न हो, पोला, 3 (of position) डाँवाँडोल, डगमग, अस्थिर

insecurity इन्‌सिक्युअ-रिटि *n* 1 अरक्षा, असुरक्षा [She suffers from a sense of ~], 2 अदृढ़ता

inseminate इन्‌सेॅमिनेट *vt* 1 बोना, बीज बोना, 2 वीर्यसेचन करना, गर्भाधान करना

insemination इन्‌सेॅमिनेशन *n* 1 बीज बोना, बीजारोपण, 2 वीर्यसेचन, गर्भाधान [artificial ~]

insensate इन्‌सेॅन्सेट *a* 1 संज्ञाहीन, चेतनाहीन, बेहोश, 2 मूर्ख, मूर्खतापूर्ण, 3 निष्ठुर, हृदयहीन

insensibility *n* 1 बेहोशी, मूर्च्छा, 2 संवेदनहीनता, संवेदनशून्यता, जड़ता, 3 बेपरवाही, विरक्ति, उदासीनता

insensible इन्‌सेॅन्सिबल *a* 1 इन्द्रियों द्वारा जिसका ग्रहण न हो सके, अतीन्द्रिय, अतिसूक्ष्म, 2 चेतनाहीन, संज्ञाहीन, बेहोश, मूर्च्छित, 3 (of person) अनुभूति न करने वाला, संवेदनारहित, जड़, विरक्त, बेपरवाह, उदासीन [~ **to** pleasure or pain], 4 निष्ठुर, कठोर-हृदय

insensitive इन्‌सेॅन्सिटिव *a* 1 जिसे इन्द्रियों द्वारा अनुभूति न हो, संवेदनहीन [~ **to** touch, light, etc], 2 जिस पर किसी बात का असर न हो, बेपरवाह, ढीठ

inseparability *n* अवियोज्यता

inseparable इन्‌सेॅपर-बल *a* 1 जिसे अलग न किया जा सके, 2 अवियोज्य

insert इन्‌सर्ट *vt* & *n* 1 घुसेड़ना, अन्दर डालना [to ~ the key **in** the lock], अन्तर्विष्ट या निविष्ट करना, बैठा देना; 2 बीच में जोड़ना, शामिल करना [to ~ a letter, word, clause, etc **into** written matter], समाचारपत्र में विज्ञापन देना [to ~ an advertisement], *n* = foll 2

insertion इन्‌सर्शन *n* 1 घुसेड़ना अन्तर्वेशन, 2 जोड़ी या घुसेड़ी गई वस्तु, जोड़, प्रक्षेप, इन्दराज, 3 समाचारपत्र में दिया गया विज्ञापन, लेख आदि

inset^{1} इन्‌सेॅट *n* 1 भीतर रखी गई वस्तु, 2 पुस्तक में बाद में जोड़े गये पृष्ठ, 3 (मान-)चित्र के कोने में जोडा गया छोटा चित्र आदि, अन्तश्चित्र, अन्तर्विष्ट या निविष्ट चित्र

inset^{2} *vt* (inset *or* insetted) अन्दर जोड़ना या लगाना, निविष्ट करना

inside इन्‌साइड *n*, *a*, *adv* & *prep* 1 अन्दर की तरफ़, भीतर, अभ्यन्तर, **to turn sth inside out** अन्दर की तरफ़ बाहर कर देना, उलट देना *fig* अस्तव्यस्त करना, गड़बड़ करना; **to know sth inside out** अच्छी तरह जानना, 2 गुप्त बात, रहस्य [to know the ~ of an affair], 3 **inside of the pavement** पटड़ी का अन्दर का सिरा (जो सड़क से दूर होता है), 4 *colloq* पेट, उदर, *a* अन्दर का, **inside information** जो बात दूसरों को मालूम न हो, तह की बात, रहस्य, भेद, *adv* अन्दर

की तरफ़, भीतर की ओर, भीतर [Walk inside!], *prep* अन्दर, भीतर, से कम में [I'll return ~ an hour]

insider इन्साइडर *n* 1 सभा आदि का सदस्य, 2 रहस्य जाने वाला

insidious इन्सिडिअस *a* 1 कपटी, चालाक, धूर्त, काँइयाँ; धोखेबाज़, विश्वासघाती; 2 चालाकी का, कपटपूर्ण, छलपूर्ण [~ reasoning]

insight इन्साइट *n* तह तक पहुंचने की योग्यता, समझ, समझ-बूझ, कुशाग्र बुद्धि, अन्तर्दृष्टि, अन्तर्ज्ञान

insignia इन्सिग्निय: *n* (as *sing* or *pl*) (पद, अधिकार आदि का सूचक) बिल्ला, निशान, तमग़ा, चिन्ह, ~ **of royalty** राजचिन्ह

insignificance *n* (f. foll) 1 महत्त्वहीनता, 2 नगण्यता, तुच्छता, निरर्थकता

insignificant इन्सिग्निफ़िकन्ट *a* 1 महत्त्वहीन, निस्सार, अनावश्यक, 2 (of person) मामूली, नगण्य, तुच्छ, क्षुद्र, 3 निरर्थक, बेमानी [~ remark, talk]

insincere इन्सिन्सिअर *a* 1 दिखावे का, दिखावटी, ऊपरी, झूठा, कृत्रिम; कपटपूर्ण, बेईमानी का, 2 बेईमान, झूठा, कपटी, पाखंडी, धोखेबाज़

insincerity इन्सिन्सेॅरिटि *n* 1 कपट, धोखेबाज़ी, धूर्तता, 2 बेईमानी, बेवफ़ाई; असत्यता, कृत्रिमता, बनावटीपन, दिखावा

insinuate इन्सिन्युएट *vt* धीरे-धीरे या चालाकी से (अपने लिए) जगह बनाना, to ~ **oneself into** s.o.'s favour चापलूसी से किसी का अनुग्रह प्राप्त करना या कृपापात्र बनना, 2 अप्रत्यक्ष संकेत करना, इशारे से बताना या समझाना, एक ढंग से कह देना [to ~ an idea, to ~ that...]; **insinuation** *n* (वि० निन्दासूचक) अप्रत्यक्ष संकेत, ध्वनित निर्देश, व्यंग्य, व्यंग्योक्ति; आक्षेप, कटाक्ष, **insinuative** इन्सिन्युएटिव *a* ध्वन्यात्मक व्यंग्यात्मक, व्यंग्यपूर्ण

insipid इन्सिपिड *a* 1 (of food etc) बेस्वाद, स्वादहीन, फीका, नीरस, बेमज़ा, 2 अरुचिकर, अरोचक, नीरस, बेमज़ा [~ talk], ~**ness**, ~**ity** *nn* फीकापन; नीरसता, अरोचकता

insist इन्सिस्ट *vi* & *t* 1 ज़ोर देकर या आग्रहपूर्वक कहना, (बात पर) जमे रहना, अड़े रहना [He ~s **that** he is innocent, ~s on his innocence], 2 (कोई काम करने का) आग्रह करना, हठ करना, ज़िद्द करना [to insist **on doing** sth, **on** s.o.'s **doing** sth]; ~**ence**, ~**ency** *nn* 1 (बात पर) जमे रहना, साग्रह या सानुरोध कथन, 2 आग्रह, हठ, ज़िद्द

insistent इन्सिस्टन्ट *a* 1 आग्रह करने वाला, आग्रही, हठी, ज़िद्दी, 2 आग्रहपूर्ण, अनुरोधपूर्ण; ~**ly** *adv* साग्रह, आग्रहपूर्वक, ज़ोर देकर

in situ L इन् सिट्यू *adv* अपने (पहले) स्थान में, स्वस्थाने (also see status, 4)

insobriety इन-सब्राइअटि *n* 1 असंयम, 2 शराब पीने की आदत, शराबख़ोरी

insolation इन्सलेशन *n* 1 *photog* धूप में रखना, 2 *med* चिकित्सा के लिए धूप तापना, सूर्यातपन, आतपन

insolence इन्सलन्स *n* धृष्टता, अवज्ञाकारिता, गुस्ताख़ी, बदतमीज़ी

insolent इन्सलन्ट *a* 1 अपमान करने वाला, अवज्ञाकारी, धृष्ट, गुस्ताख़, बदतमीज़, 2 अपमानपूर्ण, अपमानजनक, धृष्टतापूर्ण, गुस्ताख़ी का, बदतमीज़ी का

insoluble इन्सॉल्युबल *a* 1 (of salt) न घुलने वाला, अघुलनशील, 2 (of problem) जिसका समाधान न हो सके, असमाधेय, कठिन, विकट

insolvency इन्सॉल्वन्सि *n* दिवाला, दिवालियापन

insolvent इन्सॉल्वन्ट *a* 1 जो ऋण न चुका सके, दिवालिया, 2 दिवालियों से संबंधित [~ laws]

insomnia इन्सॉम्निअ *a* नींद न आना, अनिद्रा (का रोग)

insomuch इन्सोमच *adv* 1 ~ **as** = inasmuch as (*q.v.*), 2 ~ **that** यहाँ तक कि

insouciant F ऐंसूसिआँ *a* लापरवाह, बेपरवाह

inspan इन्स्पैन *vt* (S. Afr.) (बैलों को) गाड़ी में जोतना

inspect इन्स्पेॅक्ट *vt* 1 ध्यान से देखना, पर्यवेक्षण करना, 2 निरीक्षण करना, मुआयना करना [to ~ a school], 3 जांच करना, पड़ताल करना, जांच-पड़ताल करना [to ~ the books of a businessman]; **inspection** इन्स्पेॅक्शन *n* 1 ध्यान से देखना, पर्यवेक्षण, 2 निरीक्षण, 3 जांच, पड़ताल

inspector इन्स्पेॅक्टर *n* 1 निरीक्षक, इन्स्पेक्टर 2 (of police) **Inspector General** महानिरीक्षक

inspectorate इन्स्पेॅक्टरिट *n* 1 इन्स्पेक्टर का दफ़्तर, निरीक्षणालय, 2 निरीक्षक-वर्ग

inspiration इन्स्परेशन *n* 1 अन्दर खींचा गया सांस, निश्वास, निश्वसन, 2 ईश्वरीय या दैवी प्रेरणा (जिससे वेद, इंजील, कुरान आदि रचे माने जाते हैं) इलहाम [Divine ~], 3 प्रेरणा, प्रोत्साहन (to take one's ~ **from** s.o.], 4 उमग तरंग, मन की मौज [to do something by inspiration]; 5 *colloq* चमत्कारी सूझ [He had a sudden ~]

inspire इन्स्पाइअर *vt* 1 सांस लेना, श्वास लेना, 2 (ईश्वर, देवता आदि का) किसी व्यक्ति के मन में विचार भरना, प्रेरणा देना, ज्ञान देना, **to be inspired** या ईश्वीय ज्ञान प्राप्त होना, 3 मन में भावना भरना या पैदा करना [to ~ a feeling **into** s.o.], to ~ s.o. **with** confidence, fear, etc किसी में आत्मविश्वास जगाना या भरना, डर पैदा करना आदि

inspired इन्स्पाइअर्ड *a* 1 किसी की प्रेरणा से किया हुआ, ~ article किसी को प्रेरणा से या सुझाव पर लिखा गया लेख, 2 ~ person ईश्वरीय ज्ञान-प्राप्त व्यक्ति, ऋषि

inspirit इन्स्पिरिट *vt* 1 जान डालना, प्राण फूंकना, अनुप्राणित करना, 2 प्रोत्साहित करना [to ~ s.o. to action, to do sth]

instability इन्स्ट-बिलिटि *n* 1 अस्थिरता, अस्थायित्व, अनित्यता, नश्वरता, 2 डगमग या डाँवाँडोल होना, दृढ़ संकल्प का अभाव, चरित्र की दृढ़ता न होना

install इन्स्टॉल *vt* 1 (पद पर) प्रतिष्ठित करना [to ~ s.o. in office], गद्दी पर बिठाना, राज्याभिषेक करना; **to install oneself** पैर जमा लेना, पद ग्रहण करना, प्रतिष्ठित होना, 2 गाड़ना, (कारख़ाना आदि) स्थापित करना, खड़ा करना, (बिजली आदि का यन्त्र) लगाना

installation इन्स्टलेशन *n* 1 प्रतिष्ठापन; अभिषेक [~ of a bishop, dean, etc], राज्याभिषेक, 2 स्थापना, संस्थापन, 3 यन्त्र, कारख़ाना आदि जो स्थापित किया जाये, प्रतिष्ठान

installed *a*. ~ **capacity** (कारखाने की) कुल उत्पादन-क्षमता

instalment इन्स्टॉलमन्ट *n* 1 (धन राशि, प्रकाशन आदि की) किस्त, अंश, अंशिका, 2 माल की खेप

instance^1 इन्स्टन्स *n* 1 उदाहरण, दृष्टान्त, मिसाल, **for ~** मिसाल के तौर पर, 2 मामला, विषय, [in your, this, ~], 3 प्रार्थना, अनुरोध, सुझाव, कहना [**at the ~** of s.o.]; 4 मुकदमे की सुनवाई, पेशी, **court of first ~** पहली (सुनवाई की) अदालत, 5 **in the first ~** (i) पहली यह बात है कि... (ii) कार्यवाही के प्रथम चरण में

instance^2 *vt* 1 उदाहरण या मिसाल देना, 2(usu in *pass*) का उदाहरण होना, का उदाहरण मिलना [Such devotion is ~d in the Indian wife]

instancy इन्स्टन्सि *n* 1 अत्यावश्यकता, 2 सन्निकटता [~ of danger]

instant^1 इन्स्टेन्ट *a* 1 अत्यावश्यक, 2 (*abbr* **inst**)इस महीने का [On the 5th inst] 3 तुरन्त, अविलम्ब[This calls for ~ remedy; I got ~ relief], झटपट तैयार किया हुआ [~ coffee]

instant^2 *n* क्षण, पल [in an ~]; **Come this ~** अभी या तुरन्त आ जाओ

instantaneous इन्स्टन्टेनिअस *a* 1 क्षण भर में घटित होने वाला, तात्क्षणिक, तात्कालिक, 2 क्षण भर का [~ exposure]; **~ly** *adv* क्षण भर में, उसी क्षण

instanter इन्स्-टैन्टर *adv* (now usu *joc*) तुरन्त, फ़ौरन्

instantiate इन्स्टैन्शिएट *vi* का उदाहरण या दृष्टान्त प्रस्तुत करना [to ~ a theory, concept, etc]; **instantiation** *n* दृष्टान्तीकरण

instantly इन्स्टन्ट्लि *adv* तुरन्त, फ़ौरन्

in statu quo L इन्स्टैट्यूक्वो *a* पहली स्थिति में, यथापूर्व

instauration इन्स्टॉरेशन *n* 1 फिर से स्थापित या प्रतिष्ठित करना, पुनः प्रतिष्ठापन, 2 फिर से ठीक-ठाक करना, नवीकरण

instead इन्स्टेंड *adv* की जगह पर, के बजाय, के बदले में ; **~ of** (*prep phr*) के बजाय

instep इन्स्टेंप *a* टखने और उंगलियों के बीच पाँव का ऊपरी भाग, पैर की कमान

instigate इन्स्टिगेट *vt* 1 उकसाना, उभाड़ना, भड़काना, शह देना, उत्तेजित करना [to ~ s.o. to action, to do sth (usu evil)], 2(किसी को भड़का कर उससे) कोई बुरा काम करवाना, 3 to ~ murder हत्या करवाना; to ~ revolt विद्रोह खड़ा करना

instigation इन्स्टिगेशन *n* उकसावा, भड़कावा, बहकावा, प्रेरणा, दुष्प्रेरणा, शह

instigator *n* उकसाने या भड़काने वाला, शह देने वाला, उत्तेजक

instil इन्स्टिल *vt* (-ll-) 1 (द्रव को बूंद-बूंद कर के डालना, टपकाना, चुंवाना, 2 (विचार, भावना आदि) भरना, पैदा करना, सिखाना, धीरे-धीरे दिल में बिठा देना [to ~ an idea, a feeling, etc. into s.o.]

instillation इन्स्टिलेशन *n* 1(द्रव का) टपकाना, टपकाव, 2 (विचार आदि का) भरना, दिल में बिठाना, शिक्षण

instinct^1 इन्स्टिन्कट *n* 1 प्राणियों (वि० जीव-जन्तुओं) की स्वाभाविक वृत्ति जिससे वे बिना सोचे विचारे ही सही काम कर पाते हैं, सहजवृत्ति, स्वाभाविक प्रवृत्ति, मूल प्रवृत्ति, 2 सहज बुद्धि, सहज ज्ञान, अन्तर्दृष्टि. अन्तर्ज्ञान, अन्तर्बोध

instinct^2 *pred a* युक्त, भरा हुआ, पूर्ण, परिपूर्ण [~ **with** *life*, beauty, force, etc]

instinctive इन्स्टिन्क्टिव *a* सहज वृत्ति या अन्तर्दृष्टि से प्रेरित, अपने-आप होने वाला, सहज, स्वाभाविक, नैसर्गिक; **~ly** *adv* बिना तर्क-वितर्क या सोच-विचार किये, स्वभावतः, सहजवृत्ति से, अपने आप

institute^1 इन्स्टिट्यूट *n* 1(विज्ञान आदि के प्रसार के लिए बनी) संस्था, संस्थान, पीठ, 2 (संस्था आदि का) भवन

institute^2 *vt* 1 नींव रखना या डालना, बुनियाद रखना, स्थापित करना, 2 शुरू करना, आरंभ करना, चलाना, to ~ an enquiry (i) जांच आरंभ करना, (ii) जांच का आदेश देना, जांच करवाना, 3 to ~ legal procedings **against** s.o. किसी पर मुकदमा चलाना, दावा दायर करना

institution इन्स्टिट्यूशन *n* 1 आरंभ करना, चलाना, स्थापित करना, प्रतिष्ठापन, 2 रीति, रिवाज [Tea has become an ~]; प्रथा, **the institution of marriage** विवाह-प्रथा, 3 (सार्वजनिक उद्देश्य के लिए बनी) सभा, संस्था, संस्थान, पीठ, 4 सभा-भवन, संस्था-भवन, 5 *colloq* (of person etc) जिसे हर कोई जानता हो, सुपरिचित व्यक्ति

institutional *a* संस्था का, संस्था-संबंधी; संस्था या संस्थान में होने वाला, संस्थागत [~ care of old people]

instruct इन्स्ट्रक्ट *vt* 1 सिखाना, शिक्षा देना, पढ़ाना [to ~ s.o. **in** a subject], 2 बताना [to ~ s.o. that, how, etc], 3 to ~ a solicitor वकील को हिदायत करना, 4 आदेश देना, आज्ञा देना [to ~ s.o. **to do** sth]

instruction इन्स्ट्रक्शन *n* 1 शिक्षा, शिक्षण, सिखलाई, 2 (usu in *pl*) आदेश, आज्ञा, निर्देश, अनुदेश, हिदायत

instructive इन्स्ट्रक्टिव *n* 1 शिक्षाप्रद [~ books], 2 आदेशात्मक, निर्देशात्मक

instructor इन्स्ट्रक्टर *n* शिक्षक, प्रशिक्षक, गुरु, अध्यापक, उस्ताद; (*fem* **instructress**) **अध्यापिका**

instrument इन्स्ट्रूमन्ट *n* 1 उपकरण, औज़ार, आला, यन्त्र, 2 (also **musical** ~) वाद्य, बाजा, साज़, 3 साधन, करण, उपकरण, ज़रिया, व्यक्ति जिसके द्वारा कोई काम कराया जाये, कारिन्दा, कठपुतली, 4 *law* अभिलेख, पत्र, काग़ज़-पत्र, लिखत, **दस्तावेज़** [the ~ of accession to India]

instrumental इन्स्ट्रूमेंन्टल *a* 1 साधन, साधनभूत, साधनस्वरूप, ज़रिया, साधक, सहायक [to be ~ **to** a purpose, **in** some work, **in doing** sth], 2 यन्त्र का, यान्त्रिक [~ error], 3 वाद्य का, बाजे का, साज़ का [~ music]. 4 (*gram*) ~ **case** करण. कारक, ~**ist** *n* साजिन्दा, वादक, वाद्यकार

instrumentality इन्स्ट्रूमेंन्टैलिटि *n* साधनत्व, ज़रिया, सहायता, माध्यम [**by**, **through**, the ~ **of** s.o.]

instrumentation *n* 1 वाद्यों के लिए संगीत के बोल निर्धारित करना, बाजों की गत बांधना, 2 उपकरण का प्रयोग, *med* उपकरण या औजार से शल्य-कर्म या आपरेशन करना; 3 (उद्योग आदि के लिये) यन्त्रों का विकास तथा निर्माण या प्रयोग

insubordinate इन्सबॉर्डिनट *a* आज्ञा न मानने वाला, अवज्ञाकारी, **insubordination** *n* आज्ञा न मानना, आज्ञोल्लंघन, अवज्ञा (करना), अवज्ञाकारिता, ग़ैरमातहती

insubstantial इन्सब्स्टैन्शल *a* 1 अवास्तविक, काल्पनिक, 2 निःसार, सारहीन, तत्त्वरहित, (of food) जिसमें पोषक तत्व न हो, पोषकत्वराहित

insufferable *a* 1 जिसका आचरण असह्य हो, बहुत उद्दण्ड या धृष्ट या गुस्ताख़, महाभिमानी, जिसका दिमाग़ आसमान पर हो; 2 असह्य [~ insult, laziness]

insufficiency इन्स-फ़िशन्सि *n* 1 अपर्याप्तता, 2 असमर्थता

insufficient इन्स-फ़िशन्ट *a* नाकाफ़ी, अपर्याप्त, थोड़ा

insular इन्स्युलर *a* 1 द्वीप का, द्वीप-जैसा, द्वीपीय [insular climate], द्वीप-निवासियों जैसा, अनुदार, संकीर्ण-हृदय, तंगदिल; ~**ity** *n* 1 पार्थक्य, अलगाव, 2 संकीर्ण विचार

insulate इन्स्युलेट *vt* 1 *arch* (भूखण्ड को) अलग-थलग कर देना, टापू बना देना, 2 (व्यक्ति, वस्तु को) परिवेश से पृथक् कर देना, 3 कुसंवाहक पदार्थ बीच में रख कर किसी वस्तु में विद्युत् या ताप न पहुंचने देना, विद्युत्-रोध या ताप-रोध करना, विसंवाहन करना; ~ed wire विद्युत्-रोधी तार

insulation इन्स्युलेशन *n* 1 (भूखण्ड का मुख्य भूमि से) पृथक्करण, 2 विद्युत्-रोधन, तापावरोधन, विसंवाहन

insulator इन्स्युलेटर *n* विद्युत्-रोधी, तापरोधी, ऊष्मारोधी, विसंवाहक

insulin इन्स्युलिन *a* मधुमेह-निवारक द्रव्य-विशेष, इंसुलिन

insult इन्सल्ट *n* & *vt* 1 अपमान, बेइज़्ज़ती, हतक, 2 अपमानजनक शब्द या भाषा, गाली-गलौज; *vt* अपमान करना, हतक करना, गाली देना

insuperable इन्स्युप-र-ब्ल *a* 1 (of obstacle) जिसे पार न किया जा सके, अपार, अलंघ्य, दुर्लंघ्य, 2 (of difficulty) जिसका समाधान या हल न हो सके, घोर, भारी, विकट

insupportable इन्स-पॉर्ट-बल *a* असह्य

insurable इन्शुअ-र-बल *a* जिसका बीमा हो सके, बीमा-योग्य

insurance इन्शुअरन्स *n* बीमा; **insurant** *n* बीमा कराने वाला

insure इन्शुअर *vt* बीमा करना, बीमा कराना [to ~ one's life, property, etc **for** a certain sum; to ~ goods **against loss in transit**] **the** ~**d** बीमा कराने वाला; बीमाकृत व्यक्ति; ~**r** *n* बीमा करने वाला, बीमा-कर्ता

insurgency इन्सर्जन्सि *n* विद्रोह, राजद्रोह, बलवा, बग़ावत

insurgent इन्सर्जन्ट *a* 1 विद्रोही, बाग़ी, बलवाई [~ troops], 2 (of sea etc) उमड़ता हुआ, भू-प्रदेश को आप्लावित करता हुआ

insurmountable इन्सर्-माउन्ट-बल *a* = insuperable

insurrection इन्सरेंक्शन *n* 1 प्रजा का सरकार के विरुद्ध उठ खड़े होना, बग़ावत की शुरुआत, 2 विप्लव, विद्रोह, राजद्रोह [to **rise in** ~]; ~**ist** *n* विद्रोही, बाग़ी, बलवाई

insusceptible इन्स-सेप्टबल *a* जिस पर प्रभाव या असर न हो, अप्रभाव्य, [~ **to** flattery]

intact इन्टैक्ट *a* 1 अछूता, अस्पृष्ट, 2 पूरा, संपूर्ण, सारे का सारा, समूचा, साबुत, अविकल, 3 अक्षत, अक्षुण्ण, ज्यों का त्यों

intaglio इन्टैलिओ *n* & *vt* (पत्थर आदि पर) उत्कीर्ण आकृति या चित्र, नक्काशी, *vt* खोद कर आकृति बनाना, नक्काशी करना

intake इन्टेक *n* 1 अन्दर लेना, ग्रहण; 2 अन्दर ली

गई वस्तु (की मात्रा), आगम; भीतर आने वाले व्यक्तियों की संख्या, 3 नदी से नहर में पानी लेने का स्थान या मात्रा, 4 खान में हवा आने का रास्ता, वायु का प्रवेश-मार्ग

intangible इन्टैॅन्जिबल *a* 1 जो इन्द्रियों द्वारा ग्रहण न किया जा सके, अगोचर, जो प्रकट या ज़ाहिर न हो, दिखाई न देने वाला, जो महसूस न किया जा सके, अति सूक्ष्म, 2 अमूर्त, अभौतिक [~ assets]; 3 जो मन द्वारा ग्रहण न किया जा सके, समझ में न आने वाला, अबोधगम्य

integer इन्टिजर *n* 1 पूर्ण संख्या, पूर्णांक, 2 पूर्ण या अखंड पदार्थ

integral इन्टिग्रल *a* 1 किसी वस्तु को पूरा करने के लिए आवश्यक, अंगभूत; an ~ part of something किसी वस्तु का अभिन्न अंग, अविभाज्य अंग; 2 पूर्ण, संपूर्ण, समूचा; **integral coaches** समूचे (न कि खण्डशः) तैयार किये गये (गाड़ी के) डिब्बे, 3 *math* पूर्ण संख्या का, पूर्णसांख्यिक

integrate¹ इन्टिग्रट *a* अवयवों को मिला कर बना हुआ, सावयव, सकल, अविकल, पूर्ण

integrate² इन्टिग्रेट *vt* 1 (अपूर्ण वस्तु में अपेक्षित अंश जोड़ कर) पूरा करना, मुकम्मल करना; 2 *math* समाकलन करना; 3 अवयवों या खंडों को जोड़ कर पूर्ण वस्तु बनाना, जोड़ना, मिलाना, मिला कर एक करना, संगठित करना, समन्वित करना, 4 **~d personality** व्यक्ति जिस की शारीरिक और मानसिक आदि सभी क्रियाओं में परस्पर सामंजस्य हो, समन्वित या समाकलित व्यक्ति या व्यक्तित्व

integration इन्टिग्रेशन *n* (see prec) (विभिन्न वर्गों में) एकता स्थापित करना [national ~] एकीकरण, संघटन, समन्वय; (*math*) समाकलन

integrity इन्टेॅग्रिटि *n* 1 अखंडता [territorial ~ of a country], 2 पूर्णता, सकलता, समग्रता, [We can still see the Taj in its integrity] 3 सच्चाई, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, खरापन, साख, [a man of ~]

integument इन्टेॅग्युमन्ट *n* (किसी वस्तु का प्राकृतिक) आवरण, अध्यावरण, त्वचा, चमड़ा, खाल, छिलका, झिल्ली, **~ary** *a* आवरणात्मक, आवरण-स्वरूप

intellect इन्टिलेॅक्ट *n* 1 मनन करने और समझने की शक्ति, समझ, बुद्धि, प्रज्ञा, मनीषा, प्रतिभा, 2 (*sing* or *collect*) समझदार आदमी या लोग, मनीषी, मनीषी-वर्ग

intellectual इन्टिलेॅक्चुअल *a* & *n* 1 मनन-शक्ति का, प्रज्ञा या बुद्धि का, प्रज्ञात्मक, बौद्धिक, पढ़ने-लिखने का, 2 मन को प्रभावित करने वाला, मन को अच्छा लगने वाला, 3 समझदार, बुद्धिमान्, मनीषी, प्रबुद्ध, विद्वान्, पढ़ा-लिखा; *n* मनीषी, प्रबुद्ध व्यक्ति, (*n pl*) the ~s मनीषी-वर्ग, मनीषी-जन, विद्वान् एवं विचारशील लोग

intellectualism इन्टिलेॅक्चुअ-लिज़्म *n* यह सिद्धान्त कि समस्त या अधिकांश ज्ञान मनन एवं तर्क से उपलब्ध हुआ है, प्रज्ञावाद, बुद्धिवाद

intelligence इन्टेॅलिजन्स *n* 1 बुद्धि, प्रज्ञा, समझ, अक्ल, 2 बुद्धिमत्ता, विवेक, तर्कशक्ति, 3 सूचना, ख़बर, समाचार; **I~ Department** गुप्त सूचना प्राप्त करने वाला विभाग, गुप्तचर विभाग; **intelligence quotient** (व्यक्ति की) बुद्धि-मात्रा का सूचक अंक, बुद्धि-अङ्क

intelligencer *n* 1 समाचार देने वाला, 2 गुप्तचर, जासूस

intelligent इन्टेॅलिजन्ट *a* समझदार, बुद्धिमान्, सुबोध, अक्लमन्द

intelligentsia इन्टेॅलिजेन्ट्सिअ *collect n* स्वतन्त्र विचार रखने वाले लोग, मनीषीवर्ग, प्रबुद्ध जन, प्रबुद्ध वर्ग

intelligibility *n* बोधगम्यता, सुबोधता, बुद्धि-ग्राह्यता

intelligible इन्टेॅलिजिबल *a* 1 समझ में आने वाला, बोधगम्य, सुबोध, 2 *philos* बुद्धि (न कि इन्द्रियों) द्वारा ग्रहण किया जाने वाला, बुद्धिगम्य

intemperance इन्टेॅम्परन्स *n* 1 असंयम, मर्यादा का उल्लंघन, 2 शराब की लत, शराबख़ोरी, मद्य-सेवन

intemperate इन्टेॅम्परट *a* 1 (of person) असंयमी, मर्यादाहीन, मर्यादा का पालन न करने वाला, स्वैरी, उच्छृंखल, 2 (of conduct) असंयत, अमर्यादित, 3 खाने-पीने में संयम न करने वाला, शराबी, मद्यप

intend इन्टेॅन्ड *vt* 1 उद्देश्य होना या रखना, इरादा होना या रखना, इच्छा होना या करना, चाहना [We ~ to go, we ~ going; we ~ no harm], 2 (of person or thing) निर्दिष्ट करना, निमित्त करना, नियत करना, विहित करना, 3 मतलब होना, अर्थ होना, अभिप्राय होना [What exactly do you ~ by this word?]

intendant इन्टैॅन्डन्ट *n* (esp as title of foreign officials) अधीक्षक, प्रबन्धक, मैनेजर

intended *n* (*colloq*) मंगेतर [his, her, ~]

intense इन्टेॅन्स *a* 1 (of quality) अत्यधिक, 2 अत्यन्त, बेहद, गहरा (of feeling or action) तीव्र, तेज, प्रबल, उत्कट आत्यन्तिक, अगाध, प्रगाढ़, सख़्त, जबरदस्त; **~ness** *n* 1 अत्यधिकता, (of heat, light) प्रखरता, प्रचण्डता, 2 तीव्रता, प्रबलता, उत्कटता, अगाधता

intensification इन्टैॅन्सिफ़िकेशन *n* तीव्रीकरण; **intensifier** *n* (*phys*) तीव्रक

intensify इन्-टेॅन्सिफ़ाइ *vt* & *i* बढ़ाना, बढ़ना, तीव्र करना या होना, तेज करना या होना, प्रचण्ड करना या होना

intensity इन्टेॅन्सिटि = intenseness

intensive इन्टेॅन्सिव *a* 1 तेज, तीव्र, प्रबल, प्रखर, 2 एक बिन्दु या विषय पर केन्द्रित, **intensive study**

अनुशीलन; जिसका लक्ष्य सीमित क्षेत्र हो, ~ **bombardment** (सीमित क्षेत्र में केन्द्रित) ज़बरदस्त बमबारी, **intensive care** (रोगी की) लगातार विशेष देख-भाल; 3 *econ* उर्वरकों आदि वैज्ञानिक साधनों के प्रयोग से सीमित क्षेत्र की उपज बढ़ाने का [~ method], **intensive agriculture** *or* **cultivation** *or* **farming** उर्वरक-प्रधान कृषि, श्रमप्रधान कृषि, वर्धमान कृषि, गहन कृषि, घनी खेती

intent¹ इन्टेॅन्ट *n* 1 आशय, अभिप्राय, मतलब, नीयत, **with good** ~ सदाशय से, अच्छी नीयत से, **with bad** ~ बुरी नीयत से; 2 **to all** ~**s and purposes** व्यवहारतः, व्यावहारिक रूप में, मानो, गोया

intent² *a* 1 कृतसंकल्प, कटिबद्ध, तुला हुआ, उतारू [to be ~ **on doing** sth]; 2 तल्लीन, मग्न, डूबा हुआ, जुटा हुआ, व्यग्र, व्यस्त [to be ~ on sth], 3 (of faculties, looks, etc) एकाग्र, तत्पर, उत्सुक; ~ gaze टकटकी

intention इन्टेॅन्शन *n* 1 इरादा, विचार, संकल्प, उद्देश्य, इच्छा, नीयत, 2 अभिप्राय, मतलब, आशय, 3 (in *pl*, *colloq*) इरादा या नीयत जिससे पुरुष स्त्री के प्रति प्रेम व्यक्त करे; to court a woman with honourable ~s विवाह के इरादे से स्त्री के प्रति प्रेमाचार करना

intentional इन्टेॅन्शनल *a* जानबूझ कर किया हुआ; साभिप्राय, ~**ly** *adv* जानबूझ कर, सोच-समझ कर

intently इन्टेॅन्ट्लि *adv* उत्सुकतापूर्वक, ध्यानपूर्वक

intentness *n* उत्सुकता, (मन की) एकाग्रता, तल्लीनता, तत्परता, दृढ़ संकल्प

inter¹ इन्टर *vt* (-rr-), (शव को) गाड़ना, दफ़नाना

inter² इन्टर L *pref* मध्य में, बीच में

interact¹ इन्टर्-ऐक्ट *n* नाटक के दो अंकों के बीच में होने वाला अभिनय या वार्तालाप, विष्कंभक

interact² *vi* परस्पर क्रिया या व्यापार करना, परस्पर प्रभावित करना; **interaction** *n* परस्पर क्रिया, पारस्परिक क्रिया, अन्योन्यक्रिया, परस्पर या पारस्परिक व्यापार

inter alia L इन्टर्-एलिअ *adv* और बातों के अतिरिक्त, और चीजों के साथ-साथ

interblend -ब्लेॅन्ड *vt* & *i* परस्पर मिलाना या मिलना

interbreed -ब्रीड *vt* & *i* दो नस्लों के नर-मादा के मेल से सन्तान पैदा करना या होना, दोगले बच्चे पैदा करना या होना, अन्तःप्रजनन करना

intercalary -कैलरि *a* 1 (of day or month) कैलंडर को सौर वर्ष के अनुकूल बनाने के लिए बढ़ाया गया (दिन या मास), अन्तर्निविष्ट, प्रक्षिप्त; ~ **day**, **month** अधिदिवस, अधिमास, मलमास 2 (of year) जिसमें अधिदिन या अधिमास जोड़ा गया हो; ~ **year** अधिवर्ष

intercalate -कलेट *vt* (see prec) 1 अधिदिवस या अधिमास जोड़ना, 2 प्रक्षिप्त करना, जोड़ना, बढ़ाना, डालना, घुसेड़ना; **intercalation** *n* प्रक्षेप; दो चीज़ों के बीच में आना या पड़ना; *geol* अन्तर्वेशन

intercede -सीड *vi* मध्यस्थ बनना, बीच-बचाव करना; to ~ **with s.o. for**, **on behalf of**, s.o. किसी के लिए किसी से सिफ़ारिश करना [Jesus Christ ~d **with** God **for** men]

intercept -सेॅप्ट *vt* 1 (एक जगह से दूसरी जगह जाते हुए व्यक्ति आदि को) बीच में रोक या पकड़ लेना [Our fighters ~ed the enemy planes], 2 to ~ a letter, message, etc चिट्ठी पकड़ लेना, सन्देश पढ़ या सुन लेना, 3 *math* (दो सीमाओं के बीच की रेखा या सतह को) काट कर अलग कर देना, खण्डित करना, विच्छिन्न करना, **interception** *n* 1 पकड़, ग्रहण, 2 रुकावट, व्यवधान, विच्छेद; **interceptive** *adj* रोकने वाला, अवरोधी; **interceptor** *n* 1 रोकने या पकड़ने वाला, अवरोधक; 2 *mil* शत्रु के विमानों को बीच में रोकने वाला तीव्र लड़ाकू विमान, अवरोधक विमान

intercession -सेॅशन *n* (f. intercede) मध्यस्थता बीच-बचाव, **intercessor** *n* बीच-बचाव करने वाला, मध्यस्थ, किसी की सिफ़ारिश करने वाला

interchange¹ -चेन्ज *n* 1 (दो व्यक्तियों के बीच वस्तुओं का) आदान-प्रदान, विनिमय, अदला-बदली, 2 (दो प्रकार की वस्तुओं का) बारी बारी से आना, अदल-बदल

interchange² *vt* 1 (of two persons) आदान-प्रदान करना, विनिमय करना, अदला-बदली करना, 2 दो वस्तुओं में से पहली को दूसरी की जगह और दूसरी को पहली की जगह पर रखना, अदल-बदल करना, 3 दो प्रकार की वस्तुओं को बारी बारी से रखना (see **alternate**¹), ~**able** *n* जिसका (दूसरे से) अदल-बदल हो सके, परस्पर-विनिमेय

intercom -कॉॅम *n* (*colloq abbr* of intercommunication) इमारत, विमान या जहाज़ के एक भाग से दूसरे भाग के साथ रेडियो या माइक्रोफ़ोन आदि द्वारा बात करने की व्यवस्था, अन्तर्संवाद, इन्टरकॉम

intercommunicate -कम्यूनिकेट *vt* 1 परस्पर वार्तालाप, पत्र-व्यवहार आदि करना, एक-दूसरे को सन्देश भेजना, 2 दो जगहों के बीच आने-जाने का रास्ता होना [The two rooms ~]

intercommunication *n* 1 परस्पर वार्तालाप या पत्र-व्यवहार, अन्तर्संवाद, 2 दो जगहों के बीच आने-जाने का मार्ग या साधन, अन्तर्संचार, अन्तःसंचार

interconnect -कनेॅक्ट *vt* एक-दूसरे को जोड़ना या मिलाना, परस्पर सम्बद्ध करना; ~**ed** *a* 1 (of two things) परस्पर सम्बद्ध या मिले हुए, 2 (of two rooms) जिनके बीच आने-जाने का रास्ता हो

intercourse -कॉर्स *n* 1 (व्यक्तियों का) मेल-जोल, परस्पर संबध, समागम, संसर्ग, लेन-देन, परस्पर व्यवहार, 2 (दो देशों के लोगों का व्यापार आदि के लिए) एक-दूसरे के यहां आना-जाना, पत्र-व्यवहार, संपर्क, व्यापार-वाणिज्य, 3 (also sexual ~) मैथुन

interdependence *n* एक-दूसरे पर निर्भर या आश्रित होना, परस्पर-निर्भरता, अन्योन्याश्रय

interdependent -डिपे ेन्डन्ट *a* एक-दूसरे पर निर्भर या आश्रित, परस्पर निर्भर, अन्योन्याश्रित

interdict^{1} -डिक्ट *n* (*law*, *eccl*) निषेध, मनाही, निषेधाज्ञा

interdict^{2} *vt* 1 रोकना, मना करना [to ~ s.o. from doing sth], 2 (कार्यवाही आदि का) निषेध करना [to ~ action], 3 किसी को किसी चीज़ का निषेध करना, कोई चीज निषिद्ध करना [to ~ sth to s.o.]; ~**ion** *n* निषेध, मनाही, ~**ory** *a* निषेधात्मक

interest^{1} इन्टरिस्ट, इन्ट्रिस्ट *n* 1 कानूनी संबंध या लगाव या वास्ता, हक़, अधिकार, दावा [to have an ~ in a property], 2 *commerc* लाभ, नफ़ा, लाभांश; हिस्सेदारी, to have an ~ in the profits लाभ का हिस्सेदार होना, 3 व्यापार, व्यापारी, मिलकर काम-धंधा करने वाले लोग, व्यापारी कंपनी, the shipping ~ (i) समुद्री व्यापार, (ii) जहाज़ के मालिक, जहाज़ी कंपनी, 4 रुचि, अभिरुचि, दिलचस्पी [**to take an interest** in sth, s.o.], 5 फ़ायदा, लाभ, हित, भलाई [to act **in one's own** ~; it is **in** your ~ to go; I do it in your ~]; in the interest of peace शांति के लिए या वास्ते, शांति की ख़ातिर, 6 सूद, ब्याज; **with** ~ ब्याज-सहित, *fig* कुछ बढ़ा कर, पहले से अधिक [to return a blow with ~]

interest^{2} *vt* 1 रुचि या अभिरुचि या दिलचस्पी पैदा करना, 2 (किसी का) कुतूहल जागृत करना, आकर्षित करना, 3 व्यापार में किसी को हिस्सेदार बनाना [to ~ s.o. in a business]; **interested** *a* 1 (जायदाद के हिस्से पर) हक या अधिकार जताने वाला, दावेदार [~**ed** party], 2 दिलचस्पी या रुचि लेने वाला [I'm ~**ed in** philosophy; I'm ~**ed to** know what happened], 3 पक्षपात करने वाला, पक्षपातपूर्ण [~ed motives]; **interesting** *a* रोचक, दिलचस्प

inferfere इन्टर्-फ़िअर *n* 1 (of person) (i) हस्तक्षेप करना, दख़ल देना [Don't ~ **in** my business], (ii) बीच में पड़ना, बीच-बचाव करना, 2 (of person or thing) रुकावट या बाधा डालना, अड़चन डालना [None, nothing, must ~ **with** the course of justice]

interference -फ़िअरन्स *n* 1 हस्तक्षेप, दख़ल; बीच-बचाव, मध्यस्थता, 2 विघ्न, बाधा, रुकावट, अड़चन

interim इन्टरिम *n* & *a* बीच का समय [in the ~]; *a* 1 बीच के समय का, बीच के समय के लिए, अन्तरिम [~ dividend, report, etc], 2 थोड़ी देर का, अल्पकालिक, अस्थायी

interior इन्टिअ-रिअर *a* & *n* 1 भीतर स्थित, भीतर का, भीतरी, अन्दर का, अन्दरूनी, आन्तरिक, 2 समुद्र तट या प्रशासन-केन्द्र से दूर स्थित, 3 देशीय, घरेलू, *n* 1 भीतर, भीतरी भाग, देश का आभ्यन्तर भाग, आभ्यन्तर प्रदेश, समुद्र-तट या प्रशासन-केन्द्र से दूर स्थित प्रदेश, 2 मन, हृदय, अन्तःकरण, आत्मा, 3 गृह-विभाग [Minister of the I~]

interject -जेक्ट *vt* बीच में बोल उठना [to ~ a remark], **interjection** -जेक्शन *n* 1 किसी की बात को काटते हुआ कहा गया शब्द या वाक्य, 2 विस्मयादिबोधक

interlace -लेस *vt* & *i* 1 दो चीज़ों को परस्पर गूंथना, अन्तर्ग्रंथित करना, जाल की तरह बुनना, 2 *fig* उलझाना, फ़ंसाना, मिश्रित करना, *vi* गुथ जाना, उलझना, **interlacing, interlacement** *nn* अन्तर्ग्रंथन

interlard -लार्ड *vt* (भाषण, लेख आदि में) विदेशी शब्द डालना या घुसेड़ना [to ~ a discourse, article, **with** foreign words, quotations, etc]

interleaf -लीफ़ *n* पुस्तक के पन्नों के बीच लगाया गया कोरा पन्ना, अन्तर्पत्र

interleave -लीव *vt* पुस्तक के पन्नों के बीच कोरा पन्ना लगाना, अन्तःपत्रित करना

interline -लाइन *vt* (दस्तावेज़ आदि में) दो पंक्तियों के बीच शब्द लिखना

interlinear -लिनिअर *a* पंक्तियों के बीच लिखा या छपा हुआ, अन्तर्पंक्ति [~ translation]

interlink -लिङ्क *vt* & *i* एक दूसरे के साथ जोड़ना या जुड़ना, आपस में मिलाना या मिलना, कड़ी मिलाना

interlock -लॉक *vi* & *t* & *a* एक दूसरे से बन्ध या गुथ या जुड़ जाना, एक दूसरे में फंस जाना, *vt* फंसाना, गूथना, उलझाना, जोड़ना, गठबंधन करना, *a* (of fabric) अन्र्ग्रंथित, ~**ing** *n* अन्तर्ग्रंथन

interlocutor -लॉक्युटर *n* संभाषण या वार्तालाप करने वाला, संभाषणकर्ता, संभाषक, my ~ मेरे साथ बातचीत करने वाला; ~**y** *a* बातचीत के समय का; बातचीत के समय के लिए, *law* वादकालीन [~y decree]

interloper -लोपर *n* 1 हस्तक्षेप करने वाला, दूसरों के मामले में दख़ल देने वाला, टांग अड़ाने वाला, 2 *hist* बिना लाइसेंस के व्यापार करने वाला, अनधिकृत व्यापारी

interlude -ल्यूड *n* 1 नाटक के दो अंकों के बीच

का समय, अन्तराल, मध्यावकाश, 2 दो अंकों के बीच का अभिनय या वार्तालाप, बीच का कार्यक्रम, विष्कभंक

intermarriage -मैरिज *n* 1 भिन्न जातियों या कबीलों के बीच विवाह, अन्तर्जातीय विवाह, 2 (loosely) निकट संबंधियों में विवाह, सगोत्र या सपिण्ड विवाह

intermarry -मैरि *vt* 1 (see prec) भिन्न जाति या कबीले के व्यक्ति से विवाह करना, अन्तर्जातीय विवाह करना, 2 सगोत्र या सपिण्ड विवाह करना

intermediary -मीडचरि *a* & *n* 1 बिचौलिया, मध्यस्थ, 2 मध्यवर्ती, बीच का, दरमियानी, *n* बिचौलिया, मध्यस्थ, पंच

intermediate[1] -मीडिअट *a* & *n* मध्यवर्ती, बीच का, दरमियानी, माध्यमिक, intermediate examination माध्यमिक परीक्षा, ~ **range** मध्यम परास, *n* मध्यवर्ती या बीच की वस्तु

intermediate[2] -मीडिएट *vi* **मध्यस्थता करना**; **intermediation** *n* मध्यस्थता

interment इन्-टर्मन्ट *n* (f. inter) दफ़न

intermezzo -मेट्सो *n* नाटक के दो अंकों के बीच का अभिनय या संगीत, मध्यवर्ती दृश्य या संगीत

interminable इन्टर्मि-न-बल *a* 1 ख़तम न होने वाला, अनन्त, अपार 2 इतना लम्बा कि कोई थक या ऊब जाये, बेहद लंबा

intermingle -मिङ्गल *vt* & *i* परस्पर मिलाना, मिश्रित करना, [to ~ two things; to ~ sth **with** sth], *vi* मिश्रित होना; एक दूसरे से मिलना [The delegates ~d over coffee]

intermission -मिशन *n* 1 विराम, रुकना, **without** ~ अविराम, 2 अवकाश, थोड़ी देर की छुट्टी

intermit -मिट *vt* & *i* (-tt-) रोकना, रुकना, विराम करना, (of fever) थोड़ी देर के लिए उतर जाना, (of pain) थोड़ी देर के लिए शान्त होना या बन्द होना, ~**tence** *n* बीच-बीच में रुकना, अन्तर्विराम

intermittent -मिटन्ट *a* बीच बीच में रुकने वाला, रुक रुक कर होने वाला, सविराम, ~ **fever** बारी का ज्वर; ~**ly** *adv* रुक रुक कर

intern[1] इन्टर्न *vt* देश या प्रदेश या स्थान के बाहर जाने पर रोक लगा देना, नज़रबन्द करना; ~**ment** नज़रबन्दी

intern[2] *n* 1 डाक्टरी का सद्य:स्नातक जो अस्पताल में ही रह कर सहायक-चिकित्सक का काम करता है, अन्तेवासी डाक्टर, हाउस-सर्जन, 2 प्रशिक्षण लेने वाला अध्यापक, प्रशिक्षु, प्रशिशिक्षु

internal इन्टर्नल *a* 1 अन्दर का, अन्दरूनी, भीतरी, आन्तरिक, आभ्यन्तरिक, 2 सहज, स्वाभाविक, निजी, तात्त्विक, 3 देशीय, देशगत, अन्तर्देशीय, घरेलू [~ trade], 4 मानसिक, आध्यात्मिक, ~**ly** *adv* 1 अन्दर से, भीतर से, 2 मन में

international -नैशनल *a* & *n* दो या अधिक राष्ट्रों के बीच का, अन्तर्राष्ट्रीय *n* 1 अन्तर्राष्ट्रीय खेलों या समारोहों में भाग लेने वाला, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी; अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता, ~**ism** -नैशनलिज़म *n* अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग (का सिद्धान्त), अन्तर्राष्ट्रीयता, ~**alist** *n* 1 अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग का समर्थक या पक्षपाती, 2 अन्तर्राष्ट्रीय कानून का विशेषज्ञ

internationally *n* अन्तर्राष्ट्रीय दृष्टि(-कोण) से, अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर; अन्तर्राष्ट्रीय माध्यम से, अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग से

internationalization *n* अन्तर्राष्ट्रीयकरण (see foll)

internationalize -नैशनलाइज़ *vt* 1 (प्रदेश या इलाके को) अन्तर्राष्ट्रीय तत्त्वावधान या पर्यवेक्षण में देना या रखना, दो या अधिक राष्ट्रों के अधिकार में देना, 2 अन्तर्राष्ट्रीय बनाना

internecine -नीसाइन *a* एक-दूसरे का समूल नाश करने वाला, दोनों को ख़तम करने वाला, परस्पर विनाशकारी [the ~ war of Mahabharata]

internee -नी *n* नज़रबन्द

internuncio -नन्शियो *n* पोप का उपदूत, उपप्रतिनिधि, उपराजदूत

interpellate इन्-टर्पेलेट vt (*Parl*) (मंत्री से स्पष्टीकरण पाने के लिए संसद् का नियत कार्यक्रम रोक कर) प्रश्न करना; **interpellation** इन्-टर्पेलेशन *n* प्रश्न, संप्रश्न, विप्रश्न

interplanetary इन्टर्-प्लैनि-टरि *n* दो ग्रहों के बीच होने वाला, ग्रह और सूर्य के बीच होने वाला, अन्तराग्रही

interplay इन्टर्प्ले *n* परस्पर-प्रभाव, परस्पर-प्रतिक्रिया

Interpol इन्टर्पोल *n* (*abbr* of International Criminal Police Organisation) अपराधियों को पकड़ने के लिए सदस्य राष्ट्रों की पुलिस-कार्यवाहियों में ताल-मेल रखने वाली संस्था; अन्तर्राष्ट्रीय पुलिस संगठन

interpolate इन्टर्पलेट *vt* 1 (ग्रन्थ आदि के काल के विषय में भ्रम पैदा करने के लिए उसमें प्रक्षेप करना, 2 *math* शृंखला में (मध्यपद) डालना; **interpolation** इन्टर्प-लेशन *n* प्रक्षेप, प्रक्षिप्त शब्द या पाठ

interpose इन्टर्पोज़ *vt* & *i* 1 (दो पदार्थों के) बीच में डालना या घुसेड़ना, बीच में आना या पड़ना, 2 (बहस आदि में विघ्न डालने के लिए) आपत्ति उठाना, (वीटो का) प्रयोग करना, [to ~ an objection, a veto, etc.], 3 *vi* बीच मे पड़ना, बीच-बचाव करना, मध्यस्थता करना [to ~ **between** two disputants], 4 बात काटना, बात काटते हुए कहना, बीच में बोलना

interposition इन्टर्प-ज़िशन *n* 1 विघ्न डालना, टोकना, 2 विघ्न, बाधा, अड़चन, 3 हस्तक्षेप, 4 बात काटकर कहे गये शब्द

interpret इन्-टरप्रिट *vt* 1 **व्याख्या करना, अर्थ-**

निर्णय करना, अर्थ बताना [to ~ the Vedas etc], 2 अर्थ लगाना, अर्थ समझना, समझना [we ~ed her silence as a refusal], 3 (कला के माध्यम से) निरूपण करना, प्रस्तुत करना, पेश करना, 4 *vi* दुभाषिये का काम करना, भाषान्तर करना, उल्था करना [I'll ~ for you]

interpretation इन्-टर्प्रि-टेशन *n* 1 व्याख्या, विवृति, टीका, भाष्य, 2 अर्थ लगाना, अर्थ-निर्णय, (लगाया गया) अर्थ, 3 (कला के माध्यम से) निरूपण

interpretative इन्-टर्प्रिटेटिव *n* अर्थ निर्णय (करने) का, अर्थनिर्णयात्मक

interpreter इन्-टर्प्रिटर *n* 1 दुभाषिया, भाषान्तरकार; 2 व्याख्याता; ~**ship** *a* दुभाषिये का काम, भाषान्तरकारिता

interregnum इन्ट-रेॅग्नम *n* 1 एक राजा के शासन के अन्त और उसके उत्तराधिकारी के शासन के आरंभ के बीच का काल, दो शासनों के बीच का काल, वह अवधि जिस में देश का कोई राजा या वैध शासक न हो, अराजक काल, 2 बीच का समय, मध्यावकाश, मध्यान्तर, अन्तराल, विराम

interrelated **इन्टर्-रिलेटिड** *a* परस्पर-संबंधित, सहसंबंधित, परस्परसबद्ध

interrelation **इन्टर्**-रिलेशन *n* परस्पर-संबंध, सहसंबंध (see also correlation); ~**ship** *n* परस्पर-संबंध

interrogate इन्टेॅर-गेट *vt* पूछताछ करना, परिप्रश्न करना

interrogation इन्टेॅर-गेशन 1 पूछताछ, परिप्रश्न, 2 प्रश्न, सवाल; **point, mark, note, of** ~ प्रश्नचिन्ह (?)

interrogative इन्ट-रोॅग-टिव *a* 1 पूछताछ का, प्रश्नात्मक, 2 प्रश्नवाचक, प्रश्नसूचक [~ pronouns, adverbs]

interrogator इन्टेॅर-गेटर *n* पूछताछ करने वाला, प्रश्नकर्ता

interrogatory इन्ट-रोॅग-टरि *a* & *n* पूछताछ का, प्रश्नात्मक, *n* सवाल, प्रश्न, प्रश्नावली, प्रश्नमाला; *law* अभियुक्त से पूछ गये सवाल

interrupt इन्टरप्ट *vt* 1 (काम) बीच में रोक देना, (थोड़ी देर के लिए) बन्द कर देना [to ~ the work, process, etc], 2 बात काटना, टोकना, [to ~ s.o. speaking], 3 बाधा या रुकावट डालना, रुकावट बन जाना, न होने देना, बीच में आ जाना या आ पड़ना, अवरुद्ध करना, [to ~ the view etc], 4 सिलसिला तोड़ देना, क्रम भंग करना

interruption इन्ट-रप्शन *n* 1 बाधा, विघ्न, रुकावट, बन्द किया जाना, (कुछ समय का) विराम, 2 व्यवधान, क्रमभंग, सिलसिला टूटना, 3 **without** ~ लगातार, अविराम, निर्बाध

intersect इन्टर्-सेॅक्ट *vt* & *i* 1 (आर-पार हो कर) काटना या विभाजित करना, विभक्त करना, विच्छेदन करना, 2 *vi* (lines) एक-दूसरे को काटना, एक-दूसरे के आर-पार जाना

intersection इन्टर्-सेॅक्शन *n* 1 *geom* काट, कटान, प्रतिच्छेद, प्रतिच्छेदन, 2 वह बिन्दु जहाँ दो रेखाएं एक-दूसरी को काटती हों, मिलने का स्थान, ~ (**of roads**) चौराहा

interspace इन्टर्स्पेस *n* & *vt* (काल या देश का) अन्तराल, अन्तर; *vt* 1 बीच-बीच में जगह छोड़ कर रखना, दूर-दूर रखना, फैलाना, 2 समय का अन्तर या अन्तराल डालना, कुछ समय बाद करना; to ~ one's visits यदा-कदा या कभी-कभार आना

intersperse इन्टर्स्पर्स *vt* 1 (एक प्रकार की वस्तु को दूसरे प्रकार की वस्तु में) बिखेरना, बिखराना, छिटकाना, छितराना [poppies ~d among the wheat], 2 (एक प्रकार की वस्तु को दूसरे प्रकार की वस्तु से) अन्तःगर्भित करना [to ~ sth **with** others; [In the Hitopadesha, fables are ~d **with** moral teachings]

interstate इन्टर्-स्टेट *a* राज्यों के बीच का, राज्यों के बीच होने वाला, अन्तर्राज्य [~ trade, traffic]

interstice इन्टर्-स्टाइस *n* 1 बीच की जगह, अन्तराल, 2 दरार, सूराख़, छिद्र

intertwine इन्टर्-ट्वाइन *vt* & *i* गूंथना, एक-दूसरे से लपेटना, उलझाना, चिमटाना, *vi* गुथना, गुथा हुआ होना, लिपटना, उलझना, चिमटना

interval इन्टर्वल *n* 1 बीच का समय, अन्तर, अन्तराल, कालान्तराल, meetings held at regular ~s नियत अन्तर या अन्तराल पर होने वाली बैठकें, 2 अवकाश, मध्यावकाश, विराम, व्यवधान, देर, 3 (दो वस्तुओं के बीच) का स्थान या दूरी, अन्तर, अन्तराल [objects placed at regular ~s], **at intervals** (i) थोड़ी-थोड़ी दूरी पर, कहीं-कहीं (ii) थोड़े-थोड़े समय के बाद, कभी-कभी, बीच-बीच में

intervene इन्टर्वीन *vi* 1 (of time, space, event) (i) बीच में आना या होना या पड़ना या आ पड़ना, व्यवधान बनना, बीच के समय में घटित होना, Ten years ~ दस वर्ष बीत गये; (ii) दो चीज़ों के बीच स्थित होना [The river intervenes **between** the two towns], 2 (of person) मध्यस्थता करना, बीच बचाव करना, बीच में पड़ना [to ~ **between** two persons, to ~ **in** a dispute], हस्तक्षेप करना, दख़ल देना [to ~ **in** an affair]; **intervening** *a* मध्यवर्ती, बीच का

intervention इन्टर्वेॅन्शन *n* 1 व्यवधान,, बाधा, रुकावट, 2 मध्यस्थता, बीच-बचाव, हस्तक्षेप, दख़ल [~ by a neighbour in our internal affairs]; ~**ism** *n* हस्तक्षेप करने की नीति; ~**ist** *n* हस्तक्षेप की नीति पर चलने वाला, हस्तक्षेप करने वाला, हस्तक्षेपवादी

interview इन्टर्व्यू *n* & *vt* 1 भेंट, मुलाकात दर्शन, साक्षात्कार, 2 संवाददाता की भेंट, साक्षात्-

कार, इन्टरव्यू, *vt* भेंट या मुलाकात करना, साक्षात्कार या दर्शन करना; ~ee इन्टरव्यु देने वाला, ~er : भेंटकर्ता, इन्टरव्यू करने वाला

interweave इन्टर्वीव *vt* (-wove, -woven) 1 (दो तरहके तारो को मिलाकर) बुनना, परस्पर बुनना, गूंथना, [to ~ sth with sth], 2 दो कथानकों या विचारों को) परस्पर मिला देना, मिश्रित करना,

intestacy इन्टेंस्टसि *n* वसीयत न करना, इच्छापत्र का अभाव, वसीयत किये बिना मर जाना

intestate इन्टेंस्टेट *a* & *n* (of person) (व्यक्ति) जिसने वसीयत न की हो, to die ~ वसीयत किये बिना मरना

intestinal इन्टेंस्टिनल *a* आंत या आंतों का

intestine¹ *n* (use in *pl*) आंत, अँतड़ी, आन्त्र

intestine² *a* 1 (of war etc) घरेलू, देश के भीतर होने वाला,2भीतरी, आन्तरिक, अन्दरूनी

intimacy इन्टिमसि *n* 1 घनिष्टता, निकट संबध 2 *euphem* (पर-पुरुष या पर-स्त्री से)अनुचित संबंध या संभोग

intimate¹ इन्टिमट *a* & *n* 1घनिष्ठ, निकट का, नज़दीकी [~ friend, friendship; ~ connection], 2 गहरा, अगाध, बहुत अच्छा [an ~ knowledge of sth], *n* घनिष्ठ या अन्तरंग मित्र, गहरा दोस्त, आत्मीय जन

intimate² इन्टिमेट *vt* बताना, पता या ख़बर देना, सूचित करना, अवगत कराना [to ~ sth to s.o.]

intimation इन्टिमेशन *n* 1 सूचना, ख़बर, इत्तला,2 संकेत, इशारा, भनक

intimidate इन्‌टिमडेट *vt* (किसी को काम करने या न करने के लिए बाध्य करने के विचार से) डराना, डरावा दिखाना, डर दिलाना, धमकाना, धमकी देना, **intimidation** *n* डरावा, धमकी

into इन्टु *prep* 1 (*expressing motion etc*) में, भीतर, अन्दर [to go ~ a house], to work far ~ the night बहुत रात गये तक काम करना, [to sleep far ~ the day], 2 (*expressing change etc*) to turn a stone ~ gold पत्थर को सोने में बदल देना, पत्थर का सोना बना देना, to burst ~ tears फूट-फूट कर रोने लगना

intolerable इन्-टोंलं-र-बल *a* असह्य, असहनीय, जिसे बरदाश्त न किया जा सके

intolerance इन्-टोंल-रन्स *n* सहन न करने का स्वभाव, असहिष्णुता, असहनशीलता

intolerant इन्-टोंल-रन्ट *a* (अपने से भिन्न मत आदि को) सहन न करने वाला, असहिष्णु, असहनशील [~ of criticism etc]

intonate इन्टनेट *vt* = intone

intonation इन्टनेशन *n* 1 गान, गायन, सस्वर पाठ, 2 सुर, स्वरशैली, अलाप, तान, 3 स्वर का उतार-चढ़ाव, उच्चावचन, लहजा

intone इन्-टोन *vt* 1 (धार्मिक गीत, स्तोत्र, मन्त्र आदि) गाना, सस्वर पाठ करना, अलापना, 2 विशेष स्वर या ध्वनि से बोलना, खास लहजे में बोलना

intoxicant इन्-टोंक्सिकन्ट *a* & *n* मादक(द्रव्य), नशीली (चीज़)

intoxicate इन्-टोंक्सिकेट *vt* 1 मदोन्मत्त करना, मदहोश करना, नशे में चूर करना, 2 उल्लसित करना, आनन्दविभोर करना, खुशी से पागल कर देना, ख़ुशी के मारे आपे से बाहर कर देना, ~d *a* 1 मदोन्मत्त, शराब के नशे में, 2 आनन्दविभोर; **intoxicating** *a* 1 मादक, नशीला, 2 आनन्दविभोर करने वाला; **intoxication** *n* मादकता, नशा, मस्ती; आनन्द

intra इन्ट्र: *in comb* = अन्दर, भीतर

intractability इन्-ट्रैक्ट-बिलिटि *n* 1 अविनेयता, 2 दुष्करता, दुस्साध्यता

intractable इन्ट्रैक्ट-बल *a* 1 (of child, animal) जिसे सिखाया या सधाया न जा सके, अविनेय, बात न मानने वाला, ढीठ, हठी, मुंहज़ोर, न दबने वाला, 2 (of things) जिसे करना या जिससे निपटना आसान न हो, दुष्कर, दुस्साध्य, 3 (of disease) जिसका इलाज कठिन हो, दुश्चिकित्स्य

intransigence इन्ट्रैन्सिजन्स *n* (वि० राजनीति में) समझौता न करने की भावना, दुराग्रह, ज़िद्द, हठ

intransigent इन्-ट्रैन्सिजन्ट *a* समझौता न करने वाला, अपनी बात पर अड़ा रहने वाला, ज़िद्दी, हठी, दुराग्रही

intransitive इन्ट्रैन्जिटिव *a* 1(of verb)अकर्मक, 2 असंक्रामक

intra-uterine इन्ट्र-यूटराइन *a* गर्भाशय के अन्दर, अन्तर्गर्भाशय

intravenous इन्ट्र-वीनस *a* शिरा के भीतर (दिया जाने वाला), शिराभ्यन्तर, अन्त:शिरा [~ injection]

intra vires L इन्ट्र-वाइअरीज़ *law* अधिकार के अन्तर्गत, अधिकारगत (opp. ultra vires)

intrepid इन्ट्रेंपिड *a* निर्भय, निर्भीक, निडर, बेधड़क, दिलेर, साहसी, **intrepidity** इन्ट्रि-पिडिटि *n* निर्भयता, निर्भीकता, निडरपन, दिलेरी, साहसिकता

intricacy इन्ट्रिक-सि, **intricateness** *nn* 1 जटिलता, पेचीदगी, 2 गूढ़ता, दुर्ज्ञेयता, दुर्बोधता

intricate इन्ट्रिकेट *a* जटिल, पेचीदा; दुर्बोध

intrig(u)ant इन्ट्रिगन्ट *n* षड्यन्त्र रचने वाला, षड्यन्त्रकारी

intrigue¹ इन्ट्रीग *vi* & *t* 1 षड्यन्त्र रचना, साज़िश करना [to ~ against s.o.], 2 सांठ-गांठ करना [to ~ with s.o.], 3 किसी से अवैध प्रेम संबंध रखना, 4 *vt* चकरा देना, (व्यक्ति में) विशेष रुचि या कौतूहल पैदा करना, जिज्ञासा जागृत करना [The news ~d us]

intrigue² 1 षड्यन्त्र, साजिश, जाल, 2 सांठ-गांठ, गुप्तसंधि

intriguing *a* 1 (of politician etc) सांठ-गांठ करने वाला, 2(of thing, situation) कौतूहलजनक, जिज्ञासा जागृत करने वाला [All that is very ~]

intrinsic इन्-ट्रिन्सिक *a* सहज, सहजात, निजी, अपना, वास्तविक, असली; ~ value निजी या वास्तविक मूल्य; ~ value of a coin सिक्के में विद्यमान धातु का मूल्य, ~**ally** *adv* अपने में, वस्तुत:

intro^{1} इन्ट्रो *n* (*pl* ~s) (*colloq abbr* of introduction)

intro-^{2} *pref* अन्दर की ओर, आन्तरिक

introduce इन्ट्र-ड्यूस *vt* 1 प्रवेश कराना, दाख़िल कराना, घुसेड़ना, शामिल करना, 2 प्रचलित करना, चलाना, प्रवर्तन करना, जारी करना, आरंभ करना, सूत्रपात करना [to ~ a custom, an idea, an improvement, a reform, etc **into** a place, system, etc], 3 पेश करना, प्रस्तुत करना, रखना [to ~ a bill etc. in Parliament], 4 परिचय कराना, जान-पहचान कराना, मिलाना [to ~ s.o. **to** s.o.]; to ~ oneself **to** s.o. किसी को अपना परिचय देना, 5 बताना, सिखाना, दीक्षित करना, विषय-प्रवेश कराना [to ~ s.o. to a subject etc], 6 भूमिका या प्रस्तावना लिखना

introduction इन्ट्रडक्शन *n* 1 आरंभ, प्रवर्तन, सूत्रपात, 2 भूमिका, प्रस्तावना, आमुख, उपोद्‌घात, 3 परिचय, जान-पहचान, मुलाकात; **letter of** ~ एक व्यक्ति द्वारा दूसरे को तीसरे के नाम दिया गया पत्र; परिचय पत्र, 4 विषय-प्रवेश, दीक्षा

introductory इन्ट्र-डक्टरि 1 आरंभिक, 2 भूमिका-स्वरूप, प्रस्तावनात्मक, विषय-प्रवेश का, परिचयात्मक

introspect इन्ट्र-स्पे॑क्ट *vi* अपने दिल को टटोलना, आत्मनिरीक्षण करना, **introspection** इन्ट्रस्पे॑क्शन *n* आत्मनिरीक्षण

introversion इन्ट्रवर्शन *n* (f. foll) अन्तर्मुखता, आत्म-चिन्तन

introvert^{1} इन्ट्रवर्ट *vt* 1 अन्तर्मुख करना, 2 अन्दर की ओर मोड़ना

introvert^{2} *n* अन्तर्मुखी व्यक्ति, अन्तर्मुख

introverted *a*1एकाग्र, ध्यानावस्थित [~ mind], 2 अन्तर्मुखी [~ person], 3 ग़ैर-मिलनसार

intrude इन्ट्रूड *vt* & *i* 1 घुसेड़ना, ठूंसना [to ~ sth **into** sth], 2 to ~ sth **on** s.o. कोई चीज़ किसी पर लादना, थोपना, गले मढ़ना, 3 *vi* ज़बरदस्ती घुस आना, अनधिकार प्रवेश करना, बिन बुलाए आना; आ धमकना [**to** ~ **into** a place], 4 to ~ **into** s.o.'s affair किसी के मामले में दखल देना या टांग अड़ाना, 5 to ~ **on** s.o., **on** s.o.'s privacy किसी के एकान्त-वास में विघ्न डालना; ~**r** *n* अनाधिकार-प्रवेश करने वाला, जबरदस्ती घुस आने वाला, घुसपैठिया

intrusion इन्ट्रूश्ज़न *n* 1 अनधिकार प्रवेश, हस्तक्षेप, बेजा दख़ल [~ **into** a place, **upon** s.o.'s privacy], 2 *geol* पिघले हुए पत्थर या लावे का धरती की परतों के बीच घुस जाना, अन्तर्वेधन, अन्तर्वेध

intrusive इन्-ट्रूसिव *a* टांग अड़ाने वाला, हस्तक्षेप करने वाला, भेद लेने वाला

intuition इन्टयु-इशन *n* 1 (वि० सन्तों-महात्माओं को) अपने आप फुरने वाला ज्ञान, अन्तर्ज्ञान, अन्तर्दृष्टि, इलहाम [to have an intuition of sth]

intuitional *a* अन्तर्ज्ञान या अन्तर्दृष्टि का; **intuition(al)ism** *n* यह सिद्धान्त कि सत्य का बोध अन्तर्दृष्टि से होता है, अन्तर्ज्ञानवाद

intuitive इन्-टयूइटिव *a* 1 अन्तर्ज्ञान या अन्तर्दृष्टि का, 2 अन्तर्ज्ञान रखने वाला, अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न, 3 अन्तर्दृष्टि से प्राप्त, ~ knowledge अन्तर्ज्ञान; ~**ly** *adv* अन्तर्ज्ञान या अन्तर्दृष्टि से

intumesce इन्टयु-मे॑स *vi* फूल जाना

intumescence इन्टयुमे॑सन्स *n* फूल जाना, फ़ुलावट, स्फीति, सूजन, शोथ; **intumescent** *a* सूजा हुआ, फूला हुआ

inunction इनङ्क्शन *n* तेल लगाना या मलना, मालिश

inundate इनन्डेट *vt* 1 पानी आदि से भर देना, जलप्लावित करना, आप्लावित करना, 2 *fig* भरमार कर देना, to be ~d **with** letters असंख्य पत्र प्राप्त होना, पत्रों की बाढ़ आना

inundation इनन्डेशन *n* 1 बाढ़, सैलाब, प्लावन, आप्लाव, आप्लावन, जलौघ, 2 *fig* भरमार, बाहुल्य, बहुतायत

inure इन्युअर *vt* & *i* 1 आदत या अभ्यास डालना, आदी बनाना [to ~ s.o. **to** sth, **to** do sth], 2 *vi* (*law*) प्रयोग में आना, लागू होना; ~**ment** *n* अभ्यास या आदत डालना, अभ्यस्त करना या होना

inutile इन्-यूटिल *a* बेफ़ायदा, बेकार, निरर्थक, निकम्मा, जो किसी काम का न हो; **inutility** इन्यूटिलिटि *n* निकम्मापन, निरर्थकता

invade इन्वेड *vt* 1 आक्रमण या चढ़ाई या हमला करना, धावा करना, घुस आना, आ धमकना, 2 दख़ल देना, हस्तक्षेप करना, 3 (किसी के अधिकार आदि का) अतिक्रमण करना, 4 (*fig*. of sounds, diseases, feelings) अभिभूत करना, घेर लेना

invader इन्वेडर *n* आक्रमणकारी, आक्रान्ता, हमला करने वाला, हमलावर

invaginate इन्वैजिनेट *vt* 1 गिलाफ़ चढ़ाना, खोल में डालना, 2 अन्दर की ओर मोड़ना; **invagination** *n* अन्तर्वलन

invaild^{1} इन्वलीड *a* & *n* रोग या घाव के कारण अशक्त या निर्बल (व्यक्ति), रोगी, रुग्ण, बीमार

invaild^{2} *vt*1(usu in *pass*) (रोग से व्यक्ति को) अशक्त या असमर्थ या निर्बल कर देना, 2 अशक्त या असमर्थ या निर्बल मानना या समझना, 3 इस कारण युद्ध-सेवा से मुक्त कर देना; to be ~ed home निर्बल होने के कारण घर भेज दिया जाना

invalid^{3} इन्वैलिड *a* अवैध, अमान्य, रद्द

invalidate *a* अवैध ठहराना, आमान्य ठहराना, रद्द करना [to ~ a judgment], निष्प्रभाव करना [to invalidate a contract]; **invalidation** *n*

अमान्यकरण, रद्द करना या होना, निष्प्रभाव करना या होना

invalidity इन्वलिडिटि *n* 1 अवैधता, अमान्यता, 2 शारीरिक असमर्थता, निर्बलता, रोग, बीमारी

invaluable इन्वैल्युबल *a* बहुमूल्य, अमूल्य, अनमोल

invariable इन्वें`अरिय-बल *a* 1 परिवर्तनहीन, अपरिवर्तनीय, अपरिवर्ती, 2 सदा एक-सा रहने वाला, एक-समान, 3 *math* नियत, स्थिर, **~ness, invariability** *nn* परिवर्तनहीनता

invasion इन्वेश्ज़न *n* (f. invade) 1 आक्रमण, चढ़ाई, हमला, धावा, 2 अनधिकार प्रवेश [~ of s.o.'s privacy], 3 (अधिकार आदि का) अतिक्रमण (~ of s.o.'s rights], 4 *med* (रोग का) आरंभ

invective इन्वें`क्टिव *n* 1 गाली, गाली-गलौज, दुर्वचन, अपशब्द, 2 गाली-गलौज भरा भाषण, 3 (*collect*) A torrent of ~ गालियों की बौछार

inveigh इन्वे *vi* घोर निन्दा करना, फटकारना [to ~ **against** s.o., sth]

inveigle इन्वेगल, इन्वीगल *vt* फुसलाना, बहकाना, प्रलोभन देना [to ~ s.o.' **into doing** sth, into a place]; **~ment** *n* बहकावा, प्रलोभन

invent इन्वें`न्ट् *vt* 1 (नया यन्त्र आदि) बनाना, आविष्कार करना, ईजाद करना, (नया तरीका) निकालना [to ~ a new method, instrument, etc], 2 (झूठी कहानी आदि) गढ़ना [He had ~ed an excuse]

invention इन्वें`न्शन *n* 1 आविष्कार, ईजाद, नई चीज़, 2 झूठ, गढ़न्त, कल्पना

inventive इन्वें`न्टिव *a* 1 आविष्कार-कुशल, आविष्कारशील, 2 उपाय ढूंढ निकालने वाला, सूझ-बूझ वाला [~ mind]

inventor इन्वेंन्टर *n* आविष्कारक, आविष्कर्ता, ईजाद करने वाला, ईजादकर्त्ता

inventory इन्वें`न्ट्रि *n* & *vt* 1 (माल, समान आदि की विस्तृत) सूची, वस्तु-सूची, तालिका [to draw up an ~], 2 सूची में दर्ज माल; *vt* (माल आदि) सूची में दर्ज करना

inveracity इन्वरैसिटि *n* (*neg* of veracity) असत्यता

inverse इन्वर्स *a* & *n* औंधा, उल्टा, विपरीत, प्रतीप, प्रतिलोम, विलोम, **in ~ order** उल्टे क्रम से, **in ~ ratio** विलोम अनुपात में, *n* उल्टी चीज़, विरुद्ध या विपरीत बात, **~ly** *adv* विपरीत या प्रतीप या विलोम क्रम से, विलोमतः

inversion इन्वर्शन *n* औंधा या उल्टा करना या होना, क्रम या संबंध का उलटना, प्रतिलोमीकरण, विलोमीकरण, विपर्यय, विपर्यास

invert इन्वर्ट *vt* औंधा या उल्टा करना, उलटना, पलटना, प्रतीप करना, विपरीत क्रम से रखना

invertebrate इन्वर्टिब्रेट *a* & *n* 1 बे-रीढ़ का (प्राणी), मेरुदण्डरहित (प्राणी), 2 (*fig*, of person) जिसमें दृढ़ता न हो, ढीला-ढाला, अस्थिर, डांवांडोल

invest इन्वें`स्ट *vt* 1 वस्त्र पहनाना, 2 (वस्त्र की भांति) ढकना, ढांपना, 3 (बिल्ले, तमगे आदि से) विभूषित या सुसज्जित करना, 4 (गुण आदि से) संपन्न करना, युक्त करना, **~ed with** qualities गुणान्वित, 5 *mil* (किले को) घेर लेना, (किले पर) घेरा डालना, 6 (व्यापार या शेयरों में रुपया या पूंजी) लगाना, 7 (*abs*) to ~ **in** real estate भूसंपदा में रुपया लगाना, to ~ **in** kindness दया के कामों पर ख़र्च करना, दीन-दुःखियों को दान देना

investigate इन्वें`स्टिगेट *vt* जांच करना, जांच-पड़ताल करना, छानबीन करना, खोज करना, अनुसंधान करना अन्वेषण करना, पूछ-ताछ करना, तहकीकात करना [to ~ a crime, matter, question, etc]

investigation इन्वें`स्टिगेशन *n* जांच, जांच-पड़ताल, छानबीन, खोज, अनुसंधान, अन्वेषण, अन्वीक्षण, तहकीकात, तफ़तीश

investigator इन्वेंस्टिगेटर *n* जांच-पड़ताल या छानबीन करने वाला, अन्वेषक, तहकीकात या तफ़तीश करने वाला

investiture इन्वेंस्टिचर *n* 1 विधिपूर्वक पद पर प्रतिष्ठित करना, प्रतिष्ठापन-समारोह, अभिषेक, 2 (गुण आदि से) संपन्न करना

investment इन्वेंस्ट्मन्ट *n* 1 पूंजी लगाना, पूंजी का निवेश, 2 लगी पूंजी, लगा धन, निवेश, 3 जायदाद जिसमें पूंजी लगी हो, 4 *mil* (किले आदि का) घेरा

inveteracy इन्वेंट्रसि *n* (f. foll) पुराना हो जाना, गहरा या पक्का या बद्ध-मूल हो जाना

inveterate इन्वें`टरिट 1(of disease, habit etc) पुराना, बहुत देर का, चिरकालिक, चिरन्तन, 2 (of prejudice, hatred, etc) गहरा, बद्ध-मूल, 3 ज़बरदस्त, घोर, पक्का [~ smoker]

invidious इन्विडिअस *a* 1 (of conduct etc) पक्षपात के कारण चुभने वाला, खटकने वाला अनुचित [~ comparisons], 2(of thing) जिसके मालिक के प्रति दूसरों में ईर्ष्या पैदा हो, ईर्ष्या उत्पन्न करने वाला, ईर्ष्याजनक

invigilate इन्विजिलेट *vi* (परीक्षार्थियों की) निगरानी करना, निरीक्षण करना; **invigilation** *n* निगरानी, निरीक्षण; **invigilator** *n* निगरानी करने वाला, निरीक्षक

invigorate, इन्विगरेट *vt* 1 (शारीरिक) बल देना, शक्ति देना, ताकत देना, 2 (of the air etc) जान डालना, रूह फूंकना, प्राणवान् करना, अनुप्राणित करना; **invigoration** *n* बल-वर्द्धन, अनुप्राणन; **invigorative** इन्विगरेटिव *a* 1 बलदायक, बलवर्द्धक, 2 जान या प्राण डालने वाला

invincibility इन्विन्सिबिलिटि *n* (f. foll) अजेयता,

अदम्यता

invincible इन्विन्सिबल *a* जो जीता न जा सके, अजेय, जिसे हराया न जा सके, जिस पर काबू न पाया जा सके, अदम्य

inviolability *n* (f. foll) अनुल्लंघनीयता आदि

inviolable इन्वाइअ-लबल *a* 1 (of law etc) जिसे भंग न किया जा सके, जिसका उल्लंघन या अतिक्रमण न हो सके, अनुल्लंघनीय, अनतिक्रमणीय, 2 (of place) जिसे अपवित्र न किया जाना चाहिए, परम पवित्र, 3 (of person) जिसका अपमान न करना चाहिए, परम पूज्य

inviolate इन्वाइअ-लिट *a* 1 (of law) जिसे भंग न किया गया हो, जिसका उल्लंघन न हुआ हो, अक्षुण्ण [to keep an oath, a promise, ~], 2 (of place) जिसे अपवित्र न किया गया हो, पवित्र; ~**ness**, **inviolacy** इन्वाइअ-लसि *nn* अक्षुण्णता, अनतिक्रमणीयता

invisibility इन्विज़ि-बिलिटि, **invisibleness** *nn* अदृश्यता, अलक्ष्यता

invisible इन्विज़ि-बल *a* 1 जो दिखाई न दे, अदृश्य; 2 **invisible exports** माल के अलावा दूसरे साधन (यथा किराया-भाड़ा, विदेशी यात्रियों द्वारा किया गया खर्च आदि) जिनसे विदेशी मुद्रा उपलब्ध होती है, अद्रव्य निर्यात, द्रव्येतर निर्यात, अदृश्य निर्यात **invisible imports** अद्रव्य आयात, द्रव्येतर आयात, अदृश्य आयात [*N.B.* Invisible items of trade though not recorded as exports or imports, are considered along with exports and imports in determining the balance of payments]; 3 **the invisible** 1 *n* अदृश्य लोक, दूसरी दुनिया, 2 ईश्वर

invitation इन्विटेशन *n* 1 निमन्त्रण, आमन्त्रण, न्योता, बुलावा [a letter of ~], 2 प्रार्थना, अनुरोध, विनती

invite इन्वाइट *vt* 1 निमन्त्रण देना, न्योता देना, बुलावा भेजना, निमन्त्रित करना [to ~ s.o. to dinner, to one's house, to a concert], 2 अनुरोध या प्रार्थना करना [to ~ s.o. to do sth] 3 मांगना, याचना करना [to ~ s.o.'s opinion, suggestions, etc], 4 अपने सिर पर लेना, **to ~ trouble** मुसीबत मोल लेना, 5 (of thing) लुभाना, ललचाना, आकर्षित करना; **inviting** *a* (of thing) लुभाने वाला, ललचाने वाला, आकर्षक

invocation इन्वकेशन *n* (f. invoke) 1 आवाहन, आह्वान, दुहाई, 2 प्रार्थना, याचना

invoice इन्वॉइस *n* & *vt* भेजे गये माल तथा कीमतों आदि की सूची, बीजक, चालान, *vt* (माल का) बीजक बनाना

invoke इन्वोक *vt* 1 (ईश्वर, देवता आदि का) आह्वान या आवाहन करना, दुहाई देना, 2 (भूत-प्रेत) बुलाना, 3 (अधिकार-प्रयोग या नियम लागू करने के लिए) अनुरोध या प्रार्थना करना [to ~ s.o.'s authority, to ~ a rule], (सहायता आदि के लिए) प्रार्थना या विनती करना [to ~ s.o.'s help etc]

involuntary इन्वॉलन्-टरि *a* संकल्प या इच्छा के बिना किया हुआ, अपने आप होने वाला, अनैच्छिक [~ action, muscle]; संकल्परहित, **involuntarily** *adv* अनिच्छा से, अपने आप, अनजाने

involute इन्वल्यूट *a* 1 उलझा हुआ, पेचीदा, जटिल, 2 चक्करदार, चक्राकार, पेचदार, कुण्डलित

involution इन्वलूशन *n* 1 उलझाव, पेचीदगी, जटिलता, गड़बड़, 2 अन्तर्वलन, अन्तर्वलय, 3 *math* घातकरण, घातक्रिया

involve इन्वॉल्व *vt* 1 लपेटना, 2 फंसाना, उलझाना, शामिल करना [to ~ s.o. in difficulties, in a charge or crime], 3 जटिल या पेचीदा बनाना, 4 अर्थ या मतलब होना, कारण होना, फल या परिणाम होना [This job would ~ daily travel between Delhi and Faridabad]; This involves heavy expenditure इस पर बहुत खर्च आयेगा; **involved** *a* 1 (of style) उलझा हुआ, पेचीदा, जटिल, 2 (of estate etc) ऋणग्रस्त

involvement इन्वॉल्वमन्ट *n* 1 फंसना, फंसा हुआ होना, 2 उलझाव, उलझा हुआ मामला, 3 ऋण के बोझ से दबा हुआ होना, ऋणग्रस्तता

invulnerability *n* (of fort etc) अभेद्यता

invulnerable इन्वल्न-र-बल 1 जिसे घायल न किया जा सके, *fig* जिस पर आक्षेप न किया जा सके, जिस की निन्दा न की जा सके, 2 (गढ़ आदि) जिस पर आक्रमण न हो सके, अभेद्य, अति दृढ़, बहुत मज़बूत

inward इन्वर्ड *a* & *n* & *adv* **1** अन्दर का, अन्दरूनी, आभ्यन्तरिक [~ happiness], **2** अन्दर आने वाला, (*n pl*) **inwards** आँतें, अन्तड़ियां, *adv* अन्दर की ओर, ~ bound (अन्दर) आने वाला, आगामी; ~**ly** *adv* 1 अन्दर की ओर, 2 मन में, आत्मा में

inwards *adv* 1 (of motion or position) अन्दर की ओर, भीतर, 2 मन में, आत्मा में

iodine आइअ-डीन *n* 1 औषध में काम आने वाला रासायनिक तत्त्व जो क्लोरीन ओर ब्रोमीन से मिलता-जुलता है, आयोडीन; 2 अल्कोहल में बना इसका घोल (see tincture)

iodize *vt* आयोडीन-युक्त करना

iodoform आइ-ओड-फ़ॉर्म *n* क्लोरोफ़ार्म से मिलता-जुलता रासायनिक पदार्थ, आयोडोफ़ार्म

ion आइअन *n* विद्युदणु, आयन

Ionian आइ-अनिअन *a* & *n* प्राचीन ग्रीक साम्राज्य के आयोनिया (Ionia) प्रदेश का (निवासी)

Ionic *a* (see prec) आयोनिया प्रदेश का [~ dialect]

ionization *n* (see foll) आयनन

ionize आइअ-नाइज़ *vt* (वायु, गैस को) विद्युदणुओं में परिवर्तित करना, आयनित करना

ionosphere आइऑन-स्फ़िअर *n* वायुमंडल की वह

परत जिससे टकरा कर रेडियो-तरंगें लौट आती हैं और भूमंडल के इर्द-गिर्द फैल जाती हैं, आयनमंडल

iota आइओट: *n* 1 ग्रीक वर्णमाला का अक्षर =I =देवनागरी 'इ', 2 अणु-मात्र, लेश, लेश-मात्र, कण, कण-मात्र [There not an ~ of truth in what he says]

IOU आइ-ओ-यू *n* दस्तावेज़ जिसमें इन तीन अक्षरों के बाद ऋण की राशि तथा लेने वाले के हस्ताक्षर अंकित रहते हैं, ऋण की रसीद [IOU=I owe you]

ipse dixit L इप्सि डिक्सिट *n* प्रमाणरहित अभिकथन [*lit*=महात्मा ने स्वयं कहा है (अतः प्रमाण आवश्यक नहीं है)]

ipso facto L इप्सो फ़ैक्टो *adv* इसी तथ्य से, इसी बात से

I.Q. =Intelligence Quotient (see intelligence]

irascibility *n* (f. foll) क्रोधी स्वभाव

irascible इरैसिबल *a* क्रोधी स्वभाव वाला, गुस्सैल, तेज़-मिज़ाज

irate आइरेट *a* क्रुद्ध, कुपित, रुष्ट, गुस्से से भरा

ire आइअर *n* (*poet*) क्रोध, कोप, रोष, गुस्सा

iridescence इरि-डेंसन्स *n* इन्द्रधनुषी रंगों वाला होना, सतरंगापन, रंग-बिरंगापन, रंग बदलना

iridescent इरि-डेंसन्ट *a* 1 इन्द्रधनुषी रंगों वाला, सतरंगा, रंग-बिरंगा, रंगदीप्त, 2 हिलाने-डुलाने से रंग बदलने वाला

iris आइअ-रिस *n* 1 आंख के डेले में गोलाकार रँगदार (काली, भूरी, नीला आदि) झिल्ली जिसके मध्य में पुतली होती है, परितारिका, 2 फूलदार पौधा-विशेष, 3 एक प्रकार का बिल्लौर या स्फटिक (जिसमें इन्द्रधनुषी रंग दिखाई देते हैं)

Irish आइअ-रिश *a* & *n* आयर्लेंड का, *n* 1 आयर्लेंड की भाषा, 2 the ~ आयर्लेंड के लोग

irk अर्क *vt* खिजाना, चिढ़ाना, उबाना, (*impers*) **It irks me to do etc** ऐसा करना मुझे बहुत बुरा लगता है, **irksome** *a* उबाने वाला, थकाने वाला, ग्लानिजनक, अप्रिय, अरुचिकर, नागवार [~some task]

iron^1 आइअन, आयरन *n* & *a* 1 लोहा, लोह, 2 (*fig*) **a man of iron** दृढ़संकल्प व्यक्ति, अटल निश्चय वाला व्यक्ति; निष्ठुर व्यक्ति, (also see *comb.* below); 3 इस्तरी, 4 (usu in *pl*) ज़ंजीर, शृंखला, बेड़ी, हथकड़ी, to put s.o. in ~s किसी को बेड़ियां डालना, हथकड़ी पहनाना; **The iron entered into his soul** अपने साथ हुए दुर्व्यवहार के कारण वह सदा तड़पता रहा; **5 to strike while the ~ is hot** अवसर रहते काम करना, अवसर न चूकना, **6 to have (too) many ~s in the fire** (i) एक साथ बहुत से काम होना, (ii) एक साथ बहुत सी चालें चलना, *a* 1 लोहे का, लोह, 2 हृष्ट-पुष्ट, दृढ़, 3 कठोर, निष्ठुर, *comb*: **iron age** (i) अन्याय और अत्याचार का युग, कलि युग, लोह-युग; **iron curtain** (*fig*) रूस या उसके साथी देशों और बाकी दुनिया (वि० पश्चिमी यूरोप) के बीच आने-जाने तथा समाचार-विचार के आदान-प्रदान पर प्रतिबन्ध, लोहे की दीवार [expr. used by Winston Churchill in 1946], **iron-lung** श्वासयंत्र, **iron man** (*sl*) दृढ़संकल्प एवं कर्मठ व्यक्ति जो दिये हुए काम को पूरा करके ही छोड़ें, लौह पुरुष, **ironwork** लोहे का काम, लोहे की बनी चीज़, **ironworks** (as *sing* or *pl*) लोहे का कारख़ाना

iron^2 *vt* 1 लोहे से मढ़ना, 2 बेड़ियां डालना, हथकड़ी पहनाना, 3 इस्तरी करना, to ~ **out** a crease इस्तरी करके सिलवट निकालना, (*fig*) **to iron out differences** (बातचीत के द्वारा) मतभेद दूर करना

Ironic(al) आइअ-रॉनिक(ल) *aa* 1 व्यंग्यमय, व्यंग्यपूर्ण, व्यंग्यात्मक, उलटा, 2 उल्टी बात कह कर अपना भाव व्यक्त करने वाला, व्यंग्यभाषी, व्यंग्य-परायण

ironist आइअ-रनिस्ट *n* व्यंग्य का प्रयोग करने वाला, व्यंग्यभाषी

ironmonger आइअन्‌मङ्गर *n* लोहे का सामान बेचने वाला, लोहे का व्यापारी, लोहिया, ~y लोहे का व्यापार

irony आइअ-रनि *a* 1 विवक्षित बात से उल्टी बात कहकर (लहजे से) अपना भाव व्यक्त करना, दूसरे के विचार का उपहास करने के लिए उससे सहमत होने का व्याज करना, व्यंग्य, व्यंग्योक्ति, 2 वांछित घटना या बात का असमय घटित होना जिससे वह बुरी लगे), विडम्बना, **irony of fate** विधि की विडम्बना

irony^2 आइअनि *a* 1 लोहे का, लौह, 2 लोहे-जैसा, लोहसदृश

irradiance इ-रेडिअन्स *n* दीप्ति, प्रभा, कांति, चमक

irradiant इ-रेडिअन्ट *n* दीप्त, प्रदीप्त, खूब चमकता हुआ, चमचमाता हुआ, चमाचम, कान्तिमय, प्रभावान्

irradiate इ-रेडिएट *vt* 1 (of light) आलोकित करना, प्रकाशित करना, प्रकाश फैलाना, चमकाना, पर प्रकाश डालना [to ~ a subject], 2 (प्रकाश, गर्मी आदि) छोड़ना, निकालना, फैलाना, विकीर्ण करना A yogi's face ~s joy योगी के चेहरे से खुशी टपकती है, आनन्द झलकता है, 3 (इलाज के लिए) किसी पर एक्स-रे आदि किरणें डालना

irradiation इरेडि-एशन *n* 1 चमक, दीप्ति, प्रदीप्ति, प्रभा, 2 (प्रकाश, गर्मी आदि की) किरणें छोड़ना, विकिरण, किरणन, 3 चमकाना, प्रदीप्त करना, प्रदीपन

irrational इरैशनल *a* & *n* 1 तर्कविरुद्ध, तर्कहीन, अयुक्तियुक्त, अयुक्त, अनुचित, बेतुका, बेहूदा, 2 बुद्धिहीन, निर्बुद्धि, विवेकरहित, मूर्ख, 3 (*math*, of roots etc) अपरिमेय; *n* अपरिमेय संख्या; ~ity *n* 1 तर्कहीनता, बेतुकापन, 2 बुद्धिहीनता, मूर्खता

irreclaimable इरि-क्लेम-बल *a* 1 जिसे सुधारा न जा सके, पक्का [~ drunkard], 2 (of land) जिसे खेती-योग्य न बनाया जा सके, अकृष्य

irreconcilable इरे`कन्साइल-बल *a* & *n* 1 (of enemy) जिसके साथ सुलह न हो सके, असन्धेय 2 (of belief, view, etc) मेल न खाने वाला, बे-मेल, परस्पर-विरोधी; *n* राजनीतिक कार्यवाही-विशेष का घोर विरोध करने वाला व्यक्ति, कट्टर विरोधी

irrecoverable इरिकव-रबल *a* 1 (of debt) न वसूल होने वाला, डूबा हुआ, 2 (घाटा आदि) जिसे पूरा न किया जा सके, 3 अपुनः प्राप्य

irrecusable इरिक्यूज़-बल *n* (of evidence) (साक्ष्य या बयान) जिसे अस्वीकृत न किया जा सके, जिसे मानना ही पड़े, अवश्यस्वीकार्य

Irredeemable इरिडीम-बल *a* 1 (of govt. annuity) (वार्षिकी) जो भुगतान द्वारा समाप्त न की जा सके, अशोध्य, 2 (of paper currency) जिसके बदले में सिक्का देने का वायदा न किया गया हो, अप्रतिदेय, 3 (व्यक्ति) जिसे सुधारा न जा सके, असुधार्य, गया-बीता

irreducible इरिड्यूस-बल *a*1जिसे घटाया न जा सके, अलघुकरणीय, **irreducible minimum** न्यूनातिन्यून, कम-से-कम, 2 (of fraction) जिसे सरल न किया जा सके, असरलकरणीय

irrefragable इरे`फ़्र-ग-बल *a* (of argument, statement, etc. (अकाट्य, अखंडनीय, निर्विवाद, (of rule) अनुल्लंघनीय

irrefrangible इरिफ़्रैन्जिबल *a*(of law etc) ज़िसे भंग न किया जा सके, अनतिक्रमणीय

irrefutability *n* अकाट्यता

irrefutable इरे`फ़्यूट-बल *a* अकाट्य, अखंडनीय, निर्विवाद [~ argument]

irregular इरे`ग्युलर *a* & *n* 1 (of shape etc) बेडौल, असम्मित, असमरूप, कुरूप; (of surface) असम, विषम, ऊबड़-खाबड़, ऊंचा-नीचा, 2 अनियमित, नियमविरुद्ध, बेकायदा, ग़लत [~ procedure], 3 अव्यवस्थित, अमर्यादित, मर्यादारहित, 4 क्रमरहित, बे-तरतीब, 5 नियत समय पर न होने वाला, कभी कभार होने वाला, ~ in school attendance कभी-कभार स्कूल आने वाला, प्रायः अनुपस्थित रहने वाला, 6 (of troops) **अस्थायी, कच्चा; (*n pl*) ~s** अस्थायी सैनिक या सेना, कच्ची पलटन

irregularity इरे`ग्युलैरिटि *n*1बे-डौलपन, असमरूपता [~ of figure], असमता, ऊबड़खाबड़पन [~ of ground], 2 अनियमितता, बेकायदगी, नियमविरुद्ध काम ; to commit irregularities नियम-विरुद्ध काम करना, नियम भंग करना, 3 अव्यवस्था, मर्यादाहीनता, ~ of conduct मर्यादा के प्रतिकूल आचरण, मर्यादाहीनता, मर्यादा-भंग

irrelative इरे`ल-टिव *a* 1 असंबंधित, असम्बद्ध [~ to sth], 2 जिसका किसी के साथ कोई संबंध न हो, संबंध-रहित, निरपेक्ष

irrelevance, -cy *nn* अप्रासंगिकता

irrelevant इरे`लिवन्ट *a* जिसका विचाराधीन विषय या प्रसंग से कोई संबंध न हो, अप्रासंगिक, बे-मौका, असम्बद्ध

irreligion इरि-लिजन *n* धर्म-विमुखता, धर्म की उपेक्षा या अवहेलना, धर्म का विरोध, अधर्म, नास्तिकता; **irreligious** इरि-लिजस *a* धर्म-विमुख, धर्म-विरोधी, धर्म-शत्रु, अधार्मिक, अधर्मी,

irremediable इरि-मीडिअ-बल *a* 1 जिसका इलाज ना हो सके, असाध्य, 2 जिसका प्रतिविधान न किया जा सके, अप्रतिविधेय [~ acts, faults]

irremissible इरि-मिसिबल *a* (of fault, sin, ete) जिसे क्षमा न किया जा सके, अक्षम्य

irremovable इरिमूव-बल *a* (वि॰ पदाधिकारी) जिसे हटाया न जा सके, जिसे अपदस्थ या पदच्युत न किया जा सके

irreparable इरे`-प्रबल *a* (of loss) जिसकी पूर्ति न हो सके, जिसे पूरा न किया जा सके, अपूरणीय

irrepressible इरि-प्रॅसिबल *n* जिसे दबाया न जा सके, (of feeling) अदम्य

irreproachable इरिप्रोच-बल *a* दोषरहित, निर्दोष, अनिंद्य; निष्पाप, निष्कलङ्क [~ conduct etc]

irresistible इरिज़िस्टिबल *a* (of desire etc) इतना प्रबल कि उसे दबाया न जा सके, अदम्य, जिसे रोका न जा सके, दुर्निवार, जिसका विरोध न किया जा सके, जिससे बचा न जा सके, (of charm, temptation, etc) जिससे प्रभावित हुए बिना न रहा जा सके, कायल हुए बिना न रहा जाए, प्रबल, ज़बरदस्त

irresolute इरे`ज़-ल्यूट *a* 1 (of person) हिचकिचाता हुआ, अस्थिरचित्त, दुविधा में पड़ा हुआ, ढुलमुल ढीला-ढाला, 2 (of action) दृढ़ता या संकल्प से न किया हुआ; **~ness, irresslution** इरे`ज़-ल्यूशन *nn* दृढ़ संकल्प का अभाव, हिचकिचाहट, अस्थिरचित्तता, अनिश्चय

irresolvable इरि-ज़ो`ल्व-बल *a* 1 (of problem) जिसे सुलझाया न जा सके, असमाधेय, 2 (of thing) अविश्लेषणीय, अखण्डनीय

irrespective इरिस्पे`क्टिव *a*. **irrespective of** (*adv*) का विचार किये बिना, से निरपेक्ष

irresponsibility *n* दायित्व या उत्तरदायित्व को न समझना, दायित्व की भावना का अभाव, ग़ैर-ज़िम्मेदारी

irresponsible इरिस्पो`न्सि-बल *a* 1 (of person) ग़ैर-जिम्मेदार, उत्तरदायित्व को न समझने वाला, लापरवाह, कान न धरने वाला, 2 (of action) ग़ैर-ज़िम्मेदारी का, ग़ैर-जिम्मेदाराना, बिना सोच-समझे किया हुआ, लापरवाही का [~ behaviour]

irresponsive इरिस्पों न्सिव *a* (of person) ध्यान न देने वाला, कान न धरने वाला, जिसपर (किसी बात का) असर न हो [~ to entreaties]

irretrievable इरिट्रीव-बल *a* 1 (of loss) जिसकी पूर्ति न हो सके, जिसे पूरा न किया जा सके, 2 जिसकी दशा न सुधारी जा सके, जिसे पुन: अच्छी हालत में न लाया जा सके; असुधार्य; 3 जिसे एक बार खो कर फिर पाया न जा सके, अपुन: प्राप्य

irreverence इरें व-रन्स *n* 1 अश्रद्धा, अनास्था. 2 अनादर की भावना

irreverent इरें व-रन्ट *n* 1 (in religious matters) श्रद्धाहीन, आस्थाहीन, 2 (बड़ों का) आदर सम्मान न करने वाला, बे-अदब

irreversible इरिवर्सिबल *a* 1 (of decision) जिसे बदला न जा सके, अटल, 2 जिसे उल्टाया या पीछे मोड़ा न जा सके, अनपलट

irrevocable इरें व-क-बल *a* (of decision) जिसे बदला न जा सके, अपरिवर्तनीय, जिसे रद्द न किया जा सके, अटल

irrigate इरिगेट *n* 1 सिंचाई करना, सींचना, पानी देना, (of river) (प्रदेश में) बहना, सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराना, 3 *med* (घाव पर) निरन्तर द्रव डालते रहना, तर रखना

irrigation इरिगेशन *n* सिंचाई, आबपाशी

irritability इरिट-बिलिटि *n* 1 चिड़चिड़ापन, 2 *med* संवेदनशीलता, उत्तेजनशीलता

irritable इरि-ट-बल *a* 1 जल्दी गुस्से में आने वाला, चिड़चिड़ा, तुनक-मिज़ाज, 2 (of muscles & nerves) संवेदनशील, उत्तेजनाशील

irritancy इरिटन्सि *n* खीज, झल्लाहट

irritant इरिटन्ट *a* & *n* 1 जलन या दाह पैदा करने वाला (पदार्थ), दाहजनक, दोहोत्पादक, 2 तंग करने या खिजाने या चिढ़ाने वाली (बात)

irritate^1 इरिटेट *vt* 1 नाराज या क्रुद्ध करना, गुस्सा दिलाना, चिढ़ाना, खिझाना, तंग करना, 2 (*med*) (i) खुजाना, खुजलाना [to ~ an organ], (ii) जलन या दाह पैदा करना [The smoke ~cd his eyes], **irritating** *a* 1 खिजाने वाला, चिढ़ाने वाला, 2 जलन या दाह पैदा करने वाला, दाहजनक

irritate^2 *vt* (*law*) रद्द करना, निष्प्रभाव या बे-असर करना

irritation इरिटेशन *n* 1 खीज, झल्लाहट, नाराजगी, गुस्सा, 2 *med* (i) दाह, जलन, (ii) (of nerve etc) संवेदना, उत्तेजना

irrupt इरप्ट *vi* 1 आक्रमण करना, 2 ज़बरदस्ती घुस आना [to ~ into a place];

irruption इरप्शन *n* 1 आक्रमण, चढ़ाई, हमला, 2 बलात् प्रवेश

island आइलन्ड *n* & *vt* 1 द्वीप, टापू, 2 *fig* अलग-थलग वस्तु या स्थान, 3 street ~ अधिक यातायात वाली सड़क का मध्य में ऊंचा किया हुआ भाग जहां सड़क पार करने वाले रुक सकते हैं, पथ-द्वीप, *vt* (भूप्रदेश को अलग-थलग करके) द्वीप-सा बना देना, अलग-थलग करना; ~**er** *n* टापू में रहने वाला द्वीपनिवासी

isle आइल *n* द्वीप (*N.B.* in prose usu only with proper names, *e.g.* The British Isles, The Isle of Man, etc.]

islet आइलिट छोटा द्वीप, द्वीपिका, उपद्वीप

ism इज़म *n* (महत्वपूर्ण) सिद्धान्त या वाद

isobar आइस-बार *n* नक्शे पर बनी रेखा जो हवा के (लगभग) समान दबाव वाले स्थानों को मिलती है, समदाब-रेखा

isolate आइस-लेट *vt* 1 अलग करना, पृथक् करना, अलग-थलग करना, [Hilly areas in North India often get ~d in winter], 2 (रोगी को) अलग रखना, दूसरों के संपर्क या संसर्ग में न आने देना, 3 (*chem* etc) मिश्र वस्तु के किसी एक तत्त्व को दूसरों से अलग करना, विलग करना [to ~ a virus]; ~**d** अकेला, एकमात्र [an ~d instance], एकान्त

isolation आइस-लेशन *n* 1 (रोगी आदि का) पृथक्करण, 2 अलगाव, पार्थक्य, विविक्ति, एकान्तवास 3 ~ **hospital, ward,** etc छूत के रोगियों (को अलग रखने) का अस्पताल, कक्ष आदि, 4 *chem* वियोजन ~**ism** *n* पृथक्तावाद; ~**ist** *n* पृथक्तावादी

isomorph आइस-मॉर्फ़ *n* दूसरे के समान आकृति वाली वस्तु, समाकृतिक; ~**ic** आइस-मॉर् फ़िक *a* (of crystal) समान आकृति वाला, समाकृतिक, समरूपी

isopod आइस-पों ड *n* केकड़े-जैसा जन्तु-विशेष

isosceles आइसों स्लीज *a* (of triangle) जिस के दो भुज बराबर हों, समद्विबाहु

isotope आइस-टोप *n* (*chem*) एक ही तत्व (element) के अन्य रूप (जिनके परमाणुओं का भार एक-दूसरे से भिन्न होता है), समस्थानिक, *e.g.* ~s of hydrogen, namely, (i) protium; (ii) deuterium and (iii) tritium

Israel इज़्रेअल *n* 1 यहूदियों का देश, इज़्राईल, 2 यहूदी जाति; **Israelite** *n* यहूदी, इज़्राईली

issue^1 इशू, इस्यू *n* 1 निकलना, निकास, बहाव, 2 बाहर जाने का मार्ग, निकास, 3 (नदी का) मुहाना, नदीमुख, 4 संतान, संतति, बाल-बच्चा, औलाद, अपत्य, 5 परिणाम, नतीजा, **in the issue** परिणाम-स्वरूप, अन्त में, **to force the ~** बलात् निर्णय कराना, निर्णय के लिए मजबूर करना, 6 (esp. *law*) (दो व्यक्तियों के बीच) विवाद-विषय, मामला, मुद्दा, सवाल; ~ **of fact** तथ्य का सवाल (अर्थात् जब तथ्य के बारे में विवाद हो), ~ **of law** कानून का सवाल (अर्थात् जब कानून के मन्शा के बारे में विवाद हो), **to join ~ with s.o. about sth** किसी विषय पर किसी से बहस करना; **the point,**

matter, at ~ विचाराधीन या विवाद का विषय, 7 (नोट, हुंडियों, डाक-टिकटों आदि का) जारी किया जाना, प्रचालन; एक बार में जारी किये गये नोट आदि, निर्गम; 8 (of book, newspaper, etc) (i) प्रकाशन, (ii) संस्करण, अंक, 9 निकालना, भेजना, प्रेषण; ~less निस्संतान, बे-औलाद

issue² *vi* & *t* 1 to ~ (out, forth) : (of person) बाहर आना या जाना, निकलना, (of blood) बहना, निकलना, बह निकलना, (of smell) निकलना, उठना, फैलना, 2 to ~ **from** का फल या परिणाम होना या निकलना, 3 प्रकाशित होना, छपना, निकलना, 4 *vt* भेजना, जारी करना, to ~ an order आदेश या हुक्म देना या जारी करना, **5** to ~ a warrant वारंट जारी करना; **6 to ~ sth to s.o., to ~ s.o. with sth** देना, बांटना, वितरित करना, [to ~ rations to the troops; to ~ the troops with rations]; 7 प्रकाशित करना, जारी करना [to ~ books, stamps, etc]

isthmus इस्थ्मस, इस्मस *n* धरती के दो बड़े भागों को मिलाने वाला संकरा भाग, संकीर्ण पथ, *geog* थलडमरूमध्य, *anat* संयोजक

it इट *pron* यह, वह, **That's it** हां, यही बात है; यही चाहिए; बिल्कुल ठीक; (*N.B.* sometimes not translated or translated differently in different contexts :) Who's it? कौन है?, It's I मैं हूं, it is raining वर्षा हो रही है; it is cold आज सर्दी है, it is Monday आज सोमवार है, it was Monday उस दिन सोमवार था; it was I who told you मैं ने ही (तो) तुम्हें बताया था; **itself** *refl pron*, **by itself** (i) अपने आप [The pump works by itself]; (ii) अकेला, अकेले [The hut stood by itself on the hill-top]

Italian इटैलिअन *a* & *n* इटली का; Italian cloth अस्तर का कपड़ा, *n* 1 इटली की भाषा, 2 इटली-निवासी

Italic इटैलिक *a* & *n* 1 प्राचीन इटली का, 2 **italic type** तिरछा टाइप; (*n. pl*) **italics** तिरछे अक्षर; **italicize** इटैलिसाइज *vt* तिरछे अक्षरों या टाइप में छापना

itch¹ इच *n* 1 खुजली, खाज, खारिश, 2 *fig* उत्कट या तीव्र इच्छा, लालसा, ललक, to have an itch **for** sth, **to do** sth किसी चीज के लिए लालायित होना, कोई काम करने के लिए अधीर या बेकरार होना या हो उठना

itch² *vi* 1 खुजली या खाज या खारिश होना, खुजलाना, 2 लालायित होना, अधीर या बेकरार होना, [to ~ **to do** sth]; **to have an itching palm** रुपये के लिए तरसना, लालची होना

itchiness *n* खुजली वाला होना, खुजलाहट

itchy इचि *a* 1 खुजली वाला, 2 (of person) (i) जिसे खुजली हो रही हो, खुजली से पीड़ित (ii) *fig* जो अधीर या बेकरार हो

item आइटम *n* & *adv* 1 गिनती में शामिल कोई एक चीज या बात, मद, मद्द [There are ten ~s on the list]; 2 समाचार-पत्र में दी गई कोई एक ख़बर [an interesting news-item or item of news], *adv* (introducing the mention of item) इसके अतिरिक्त, और यह भी, **~ize** *vt* अलग-अलग मद लिखना, मदवार लिखना या बताना [to itemize a bill]

iterance इटरन्स, **iteration** इटरेशन *nn* (f.foll) कही हुई बात का फिर कहना, दोहराना, पुनरुक्ति, पुनरावृत्ति

iterate इटरेट *vt* दोहराना, फिर कहना, बार बार कहना [to ~ a charge, an objection, etc]

itineracy इटिन-रसि, **itinerancy** इटिन-रन्सि *nn* जगह-जगह फिरना; दौरा करना, दौरे का जीवन, (जज, प्रचारक आदि का) दौरा; परिभ्रमण

itinerant इटिन-रन्ट, आइटिन-रन्ट *a* 1 जगह-जगह जाने वाला, घूमने-फिरने वाला, घुमन्तु, भ्रमणशील, यायावर, 2 (of justice) दौरा करने वाला, अपने क्षेत्र में जगह-जगह कचहरी लगाने वाला, 3 (of preacher) अपने क्षेत्र में घूम-फिर कर प्रचार करने वाला

itinerary इटिन-ररि, आइटिन-ररि *n* & *a* 1 यात्रा मार्ग, यात्रापथ, (मार्ग में ठहरने के स्थानों के विवरण-सहित) यात्राक्रम, 2 यात्रा का विवरण यात्रावृत्तान्त, 3 यात्रा-मार्ग सूचक पुस्तिका, मार्ग-सूचिका, *a* 1 यात्रा-संबंधी, यात्रा का, 2 यात्रा मार्ग-संबंधी, यात्रा-मार्ग का

itinerate आइटिन-, इटिन-रेट *vi* जगह-जगह जाना, घूमना-फिरना, फेरी लगाना, भ्रमण करना, दौरा करना; यात्रा करना, पर्यटन करना, **itineration** *n* भ्रमण, यात्रा, पर्यटन, फेरी

its *possess a* इसका, उसका

it's = it is

itself *pron* (emphatic and reflexive of *it*) **by itself** स्वतः, अपने आप, **in itself** अपने आप में, स्वयं, (also see 'it')

ivory आइवरि *n* 1 हाथीदांत, गैंडे आदि का (मुंह से बाहर निकला हुआ) दांत 2 **black ivory** (*hist*) हब्शी गुलाम, 3 हाथीदांत का रंग, 4 (in *pl*) हाथीदांत की चीजें, **5 ivory tower** जीवन के कष्टों, बखेड़ों आदि से सुरक्षित स्थान या स्थिति

ivy आइवि *n* दीवारों पर चढ़ने वाली सदाबहार पंचकोनिया पत्तों वाली बेल, सिरपेचे की बेल, सिर-पेचा

izard इज़र्ड *n* फ़्रांस-स्पेन के सीमावर्ती पाइरिनीज़ (Pyrenees) पर्वत में पाया जाने वाला हिरन (जो आकृति में बकरी से मिलता है)

Jj

J j जे, अंग्रेज़ी वर्णमाला का दसवां वर्ण

jab जैब *vt* & *n* भोंकना, चुभोना, एकाएक घुसेड़ना [to jab sth **into** sth, s.o.], प्रहार या आघात करना,[to jab s.o. **with** sth]; *n* मुक्के या नुकीली चीज़ का प्रहार या आघात

jabber जैबर *vi* & *t* & *n* 1 लगातार बे-मतलब की बातें करते जाना, बकना, बक-बक करना, अंड-बंड या अनाप-शनाप बोलना, गपड़-सपड़ करना, *vt* (शब्दों को) तेज़-तेज़ और अस्पष्ट बोलना [He ~ed English]; *n* बक-बक, अंड-बंड, अनाप-शनाप, गिट-पिट

jacinth जेसिन्थ *n* किंचित् लाल नारंगी रंग का कीमती पत्थर या रत्न, तुरसावा (zircon) की एक किस्म, जैसिन्थ

jack^{1} जैक *n* (familiar form of name John 1 (person) आम आदमी [every man jack हर कोई], साधारण मज़दूर; Jack-in-office अपने आप को बहुत समझने वाला अफ़सर; **jack of all trades** हर तरह का काम कर सकने वाला, हरफ़न मौला 2 (cards) गुलाम, 3 (tool) (i) मांस भूनने के सीखचे को घुमाने का यन्त्र, (ii) भारी वस्तु को ऊपर उठाने का यन्त्र, जैक, (iii) **jack** (or **wheel-jack**) पहिया साफ़ करते समय धुरे को ऊपर उठाने का यन्त्र; जैक, 4 *comb*: **jackass** (i) (नर-) गधा (ii) *fig* मूर्ख, उल्लू, गधा; **jackdaw** *n* एक प्रकार का छोटा कौआ; **jack-o'-lantern** = ignis fatuus (1 & 2); **jack-towel** रोलर पर चढ़ा हाथ पोंछने का तौलिया

jack^{2} *vt* 1 (see prec 3, ii) जैक से ऊपर उठाना, 2 **to jack up** (an attempt etc., or *abs*) प्रयत्न छोड़ देना

jack^{3} *n* (जहाज़ पर फहराने का) राष्ट्रध्वज, **~-staff** ध्वजदण्ड

jackal जैकॉल *n* 1 गीदड़, सियार, शृगाल, [*N.B.* The ~ was formerly supposed to hunt up the lion's prey for him. Hence *fig* meaning], 2 (*fig*) दूसरे के लिए शुरू का कठिन या गन्दा काम करने वाला व्यक्ति, बुरे कामों में सहायता देने वाला व्यक्ति

jackanapes जैक-नेप्स *n* 1 धृष्ट या ढीठ या दुःसाहसी व्यक्ति, 2 अकड़बाज या शेख़ीबाज़ या घमंडी आदमी, 3 शोख़ या चुलबुल या नटखट बालक, 4 (*arch*) बन्दर

jacket जैकिट *n* & *vt* 1 एक प्रकार की बाजूदार फतूही या बंडी (जो सबसे ऊपर पहनी जाती है), जाकेट, 2 (पुस्तक का) सजावटी आवरण, जैकट, 3 बायलर का आवरण, 4 जानवर का समूर, 5 छिलका, potatoes cooked **in their ~s** छिलके समेत पकाये हुए आलू; *vt* 1 जाकेट पहनाना, 2 (बायलर पर) आवरण चढ़ाना

jackfruit जैकफ़्रूट *n* कटहल

Jacob जेकब, *n* **~'s ladder** सफ़ेद या नीले फूलों वाला पौधा (जिसके पत्तों का विन्यास सोपानवत् होता है)

Jacobean जैक-बियन *a* 1 जेम्स प्रथम के (शासन-) काल का, 2 (in furniture trade) काले शाहबलूत के रंग का

Jacobin जैक-बिन *n* 1 ईसाई डोमिनिकन संप्रदाय का साधु; 2 आमूल-चूल परिवर्तन या सुधार का समर्थक, उग्र सुधारवादी

Jacobite जैकबाइट *n* जेम्स द्वितीय के राज्यत्याग के बाद उसका समर्थक अथवा उसके वंशजों का समर्थक

jaconet जैकनिट *n* (फोड़े आदि पर पुल्टिस बांधने के लिए) सूती कपड़ा-विशेष [from Hindi place-name जगन्नाथ पुरी]

jactitation जैक्टिटेशन, *n* 1 (*med*) रोग में बेचैनी से करवटें बदलना, 2 (*law*) **~ of marriage** किसी की पत्नी या किसी का पति होने का झूठा दावा करने का अपराध

jade^{1} जेड *n* 1 घटिया या थका-मांदा या बेकार घोड़ा, टट्टू, 2 (contemptuous or playful) औरत, कुलटा, चुड़ैल

jade^{2} *vt* (esp in *pp*) काम से थका देना, to be ~d थक कर चूर होना [He looks ~d]

jade^{3} *n* हरे या नीले या सफ़ेद रंग का कड़ा पत्थर, संग यशब

jag^{1} जैग *n* (चट्टान आदि की) नोक

jag^{2} *vt* 1 (कपड़े आदि को) टेढ़ा-मेढ़ा काटना या फाड़ना, 2 दांते डालना, दांतेदार बनाना

jagged जैगिड *a* 1 टेढ़ा-मेढ़ा कटा हुआ, 2 दांतेदार, दन्तुरित, खुरदरा, 3 नोकदार, नुकीला, ~ stone नोकदार या नुकीला पत्थर, 4 ~ leaf पंच किया हुआ या छिद्रित पत्ता

jaggery जैगरि *n* गुड़, शक्कर

jaguar जैग्युअर *n* अमरीका के जंगलों में पाया जाने वाला चीता

jail जेल *n* (see gaol)

jalap जैलप *n* रेचक औषध-विशेष, जुलाब

jam^{1} जैम *vt* & *i* 1 ठूंसना [to ~ sth **into** a box etc], 2 यन्त्र के एक पुर्ज़े को हिलने या चलने न देना जिससे कि सारा यन्त्र काम न कर सके, (यन्त्र को) जाम करना, 3 (वस्तु को) दो सतहों के बीच दबाना, (जगह या रास्ते में) भीड़भाड़ करना, धक्कम-धक्का करना, भीड़भाड़ से (रास्ते आदि को) रोक देना [to ~ a passage etc]; to be ~med (i) (रास्ते का) रुक जाना, (ii) (of people) भीड़-भाड़ होना, धक्कम-धक्का होना, 4 (wireless)

रेडियो-प्रसारणों में गड़बड़ करना जिससे कि वे सुने या समझे न जा सकें, जाम करना, *vi* (of machine part, wheel, brake, rifle, etc) काम न करना जाम होना [The brakes have ∼med]

jam^{2} *n* 1 (of machine etc) रुक जाना, रुकावट 2 (of people) भीड़-भाड़, धक्कम-धक्का, 3 **traffic jam** गाड़ियों की भीड़-भाड़ के कारण यातायात का रुक जाना, यातायात अवरोध, 4 *colloq* उलझन, झंझट, विकट स्थिति, 5 **∼-packed** खचाखच भरा हुआ; **∼ session** गायक मंडली का आत्मविनोद के लिए गाना-बजाना

jam^{3} *n* मुरब्बा

jamb जैम *n* 1 (दरवाज़े, खिड़की आदि का) पाखा, द्वारपक्ष 2 (in *pl*) **jambs** दीवार में बनी अंगीठी के दायें-बायें लगे पत्थर

jamboree जैम्बरि *n* समारोह, उत्सव, मेला, स्काउट-रैली

jangle जैङ्गल *n* & *vi* & *t* कर्कश या कर्णकटु ध्वनि, बेसुरी आवाज़, खड़खड़ाहट, झनझनाहट; *vi* & *t* कर्कश या कर्णकटु ध्वनि होना या करना, खड़खड़ाना, झनझनाना, ठनठनाना

janitor जैनिटर *n* 1 द्वारपाल, 2 इमारत का रखवाला, भवनपाल, 3 (US) सफ़ाई कर्मचारी, मेहतर

janizary,-nissary जैनि-ज़रि,-सरि *nn* 1 *hist* तुर्की के सुलतान का अंगरक्षक, 2 तुर्की सिपाही, 3 *fig* निष्ठावान् अनुयायी, पक्का समर्थक

January जैन्युअरि *n* जनवरी, अंग्रेज़ी कैलंडर का पहला महीना (लगभग मध्य पौष से मध्य माघ तक)

Janus जेनस *n* इटली का प्रचीन द्वाररक्षक द्विमुख देवता; **∼-faced** (*fig*) ढोंगी, दिखावा करने वाला, दिल का खोटा

Jap जैप *a* & *n* (*colloq*) जापानी

Japan जपैन *n* 1 जापान, 2 एक प्रकार की वार्निश (जो पहले जापान से आती थी)

japan^{2} *vt* 1 जापानी वार्निश या रोगन करना, 2 काला और चमकीला रोगन करना

jar^{1} जार *n* 1 कर्कश ध्वनि या स्वर, 2 झनझनाहट, झन्नाहट, थरथराहट, 3, झटका, धक्का, धचका, 4 मेल-मिलाप का अभाव, फूट, अनबन, कलह, झगड़ा; **family jars** पारिवारिक झगड़े, 5 टक्कर, विरोध, मेल न खाना [∼ of interests]

jar^{2} *vi* & *t* 1 कर्कश ध्वनि करना, खड़खड़ाना, झनझनाना, 2 **to jar on** s.o. *or* s.o.'s ears किसी को बुरा लगना या खटकना, किसी के कानों को बुरा लगना; **to jar on** s o.'s feelings किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना, 3 (of opinion, statement, action, colour etc) **to jar with** sth मेल न खाना, अनुकूल न होना, 4 (of door window, etc) खड़खड़ाना, थरथराना, 5 *vt* झनझनाहट या थरथराहट पैदा करना [the machine that jars the whole building]

jar^{3} *n* मर्तबान

jar *n* (*colloq*) *used only in the phr :* **on the jar** = ajar (*q.v.*) अधखुला

jarring *a* 1 कर्कश, कर्णकटु, 2 अप्रिय, बुरा, खटकने वाला, 3 बेमेल, अनमेल, विपरीत, 4 (of door etc) खड़खड़ाता या थरथराता हुआ

jargon जार्गन *n* 1 समझ में न आने वाली बोली, अंड-बंड, अनाप-शनाप, शब्दजाल; 2 वर्ग-विशेष या व्यवसाय-विशेष की शब्दावली या भाषा (जो दूसरों के लिए दुर्बोध हो), critics' ∼ आलोचकों की शब्दावली या भाषा

jasmin(e) जैस्मिन *n* सफ़ेद या पीले फूलों वाले पौधों के प्रकार, चमेली, चंपा

jasper जैस्पर *n* लाल, पीले या भूरे रंग का पत्थर, सूर्यकान्त मणि

jaundice जॉन्डिस *n* & *vt* 1 पीलिया, पांडु रोग, यरकान, कामला, 2 (पीलिया रोग के कारण) विकृत दृष्टि, दृष्टिविकार, *fig* वस्तुओं को यथार्थ रूप में न देख पाना; *vt* पीलिया से ग्रस्त करना; **∼d** *a* 1 पीलिया से पीड़ित, 2 *fig* ईर्ष्या-द्वेष में ग्रस्त, (of vision, judgement, etc) विकृत, दोषपूर्ण, पक्षपातपूर्ण, to look on the world **with a ∼d eye** वस्तुओं, घटनाओं आदि को यथार्थ रूप में न देख पाना, पक्षपातपूर्ण होना

jaunt जॉन्ट *n* & *vi* सैर-सपाटा (करना), विनोद-यात्रा (करना), आनन्द-विहार (करना)

jauntiness *n* 1 निश्चिन्तता, बेफ़िक्री, लापरवाही, 2 जिन्दादिली, 3 स्फूर्ति, फुर्ती, तेज़ी

jaunty जॉन्टि *a* 1 निश्चिन्त, बेफ़िक्र, लापरवाह, ज़िन्दादिल, उल्लासभरा, 2 अहम्मन्य, अकड़बाज़, 3 स्फूर्तिमय फुर्तीला [∼ gait]

Javanese जाव्नीज़ *a* & *n* जावा का (निवासी), जावा की भाषा

javelin जैव्लिन *n* नेज़ा, बर्छी, भाला

jaw जॉ *n* 1 जबड़ा, कल्ला, 2 in *pl* (i) घाटी, नहर आदि का तंग मुंह, (ii) यन्त्र आदि का मुंह या शिकंजा, 3 *colloq* (i) वाचालता, **Hold Your jaw** बोलो मत, चुप रहो; (ii) भाषण, उपदेश, प्रवचन, 4 *comb:* **∼-bone** जबड़े की हड्डी; **∼-breaker** *n* कठिन उच्चारण वाला शब्द, दुरुच्चार्य शब्द

jay जे *n* 1 यूरोप का रंग-बिरंगे पंखों वाला मुखर पक्षी, नीलकंठ, 2 बहुत बोलने वाला व्यक्ति, बातूनी, 3 **jay-walker** यातायात का ख़्याल न करते हुए लापरवाही से सड़क पर चलने वाला या सड़क पार करने वाला, लापरवाह पदातिक

jazz जैज़ *n* & *vi* & *t* 1 नृत्य-संगीत की पद्धति-विशेष (जो अमरीकी हब्शियों ने चलाई थी), 2 (सभा, सम्मेलन की) बेढंगी कार्यवाही, हुल्लड़, 3 **jazz-band** प्यानो, वायोलिन, बैंजो, ढोल आदि का बैंड, जाज़; *vi* & *t* जाज़ पद्धति पर नाचना या गाना [*vt* to ∼ a tune]

jealous जे॑लस *a* 1 ईर्ष्या करने वाला, ईर्ष्यालु, डाह रखने या करने वाला [~ **of** s.o., **of** s.o.'s position, wealth, etc], 2(अधिकार, कीर्ति आदि की रक्षा करने में) सतर्क, सावधान, चौकस, चौकन्ना [~ **of** one's rights, good name, etc], ~ care, inquiry, etc सावधानी से की गई देखभाल, जांच-पड़ताल आदि, 3 जिसे किसी के प्रेम या स्नेह से वंचित होने की आशंका हो, शंकित, असहिष्णु, शक्की [a ~ husband, wife, lover, friend, etc]; ~ly *adv* 1 ईर्ष्यापूर्वक, 2 सतर्कता से, सावधानी से [a jealously guarded secret]

jealousy जे॑लसि *n* 1 ईर्ष्या, मात्सर्य, डाह, जलन, 2 सतर्कता, सावधानी

jean ~~जीन~~ *n* 1 दुसूती की बुनाई का मोटा कपड़ा, जीन, 2 (in *pl*) **jeans** (इस कपड़े की) चुस्त पतलून, जीन्स

jeep जीप *n* (ऊबड़-खाबड़ मार्ग पर आसानी से चल सकने वाली) छोटी हल्की और मज़बूत मोटर-गाड़ी, जीप

jeer जिअर *n* & *vi* 1 उपहास, हँसी, मज़ाक, मख़ौल, 2 ताना फबती, छींटा, चोट, *vi* उपहास करना, हँसी या मज़ाक उड़ाना, ताना देना या मारना, फबती या छींटा कसना [to ~ **at** s.o. *or* sth]

Jehova जिहोवः *n* पुरानी इंजील में ईश्वर का मुख्य नाम

jejune जिजून *a* 1 (of land) अनुर्वर, ऊसर, बंजर, 2 जिससे संतोष या तृप्ति न हो, अतृप्तिकर, अपर्याप्त, (of writings) नीरस, रूखा

Jekyll & Hyde *n* बारी-बारी से (अच्छे और बुरे) दो भिन्न व्यक्तियों की तरह आचरण करने वाला आदमी, द्विभाजित व्यक्तित्व वाला आदमी

jelly जे॑लि *n* & *vt* & *i* अर्द्ध-पारदर्शक लचीला खाद्य पदार्थ (जिसका मुख्य अंश सरेस होता है) जेली *vt* & *i* जेली-सा जमाना या जमना

jemmy जे॑मि *n* सेंध मारने की लोहे की छड़, सबरी

jennet जे॑निट *n* (स्पेन का) छोटे कद का घोड़ा

jenny जे॑नि *n* 1 (रेल के) इंजन का क्रेन, 2 ~ **owl** उल्लू की मादा, ~**(-ass)** गधी, 3 **spinning-~** कातने की चर्खी

jeopardize जे॑पर्‌डइाज़ *vt* संकट या खतरे या जोखिम में डालना [to ~ one's life]; (किसी चीज़ को) बरबाद या चौपट होने देना [to ~ one's business]

jeopardy जे॑पर्डि *n* संकट, ख़तरा, जोखिम; **to be in** ~ ख़तरे में होना

jeremiad जे॑रिमाइअड *n* 1 विलाप, करुण क्रन्दन, दुखड़ा, 2 फ़रियाद, दुहाई

Jeremiah जे॑रिमाइअः *n* 1 शोक का सन्देश लाने वाला, दुःखमय भविष्य बताने वाला, 2 समकालीन घटनाओं की निन्दा करने वाला

Jericho जे॑रिको *n* पैलिस्टाइन का एक नगर; **to send s.o. to** ~ किसी को धता बताना या करना; **Go to** ~ रास्ता नापो!

jerk^1 जर्क *n* 1 झटका, धक्का, धचका, हिचकोला, मरोड़, 2 *med* (मांस पेशियों की) फड़कन, 3 **physical** ~s एक प्रकार का व्यायाम

jerk^2 *vt* & *i* झटका देना, झटके से खींचना या धकेलना या मरोड़ना, झटके से फेंकना, झंझोड़ना, झकझोरना, *vi* झटके खाना, झटके से चलना, हिचकोले खाना [The bus ~ed along]; **jerky** जर्कि *a* झटके वाला, विषम गति वाला, झटका देने वाला; [a ~y ride in a ramshackle old bus]

jerkin जर्किन *n* चुस्त मरदानी जाकेट या सदरी

jerry जे॑रि *n* 1 **~-builder** घटिया मसाले से कच्चे या काग़ज़ी मकान बनाने वाला, **~-built** कच्चा बना हुआ; 2 (*sl*) पेशाबदान; 3 **~can, jerrican** पांच-गैलन का पीपा

jersey जर्ज़ि *n* ऊन की बुनी हुई फतूही या बंडी या स्वेटर, जाकेट, जरसी

jessamin(e) = jasmine

jest^1 जे॑स्ट *n* & *vi* 1 उपहास, हँसी, दिल्लगी, मख़ौल, मसख़री, मज़ाक, [to say sth **in** ~], 2 ताना, फबती, छींटा, चोट, 3 उपहास-पात्र [a standing ~], 4 चुटकुला, हास्योक्ति, **jest-book** चुटकुलों की किताब, हास्यपुस्तिका; *vi* 1 उपहास करना, हँसी-मज़ाक करना, ठट्ठा करना, मख़ौल करना, छेड़ना, मसख़री करना

jester जे॑स्टर *n* हँसी-मज़ाक करने वाला, दिल्लगी-बाज़, मख़ौलिया, भांड, मसख़रा; *hist* (राजदरबार आदि में) विदूषक

Jesuit जे॑ज्युइट 1 1534 में स्थापित 'Society of Jesus' नामक कैथलिक भिक्षुसंघ का सदस्य, 2 *arch* (तथ्य को छिपाने के लिए) द्व्यर्थक बात करने वाला, पाखंडी

Jesus जीज़स *n* ईसा, ईसाई धर्म का प्रवर्तक (also called ~ **Christ**)

jet^1 जे॑ट *n* & *a* 1 गहरे काले रंग का पत्थर का कोयला, काला लिग्नाइट (lignite), 2 चमकीला गहरा काला रंग, *adj* **jet(-black)** गहरे काले रंग का, काला स्याह, काजल काला

jet^2 *n* 1 (तंग मुँह की नाली से ज़ोर से छूटने वाला) फुहारा, तेज़ धार या धारा, प्रधार; 2 फुहारा छोड़ने की नाली, टोंटी, (गैस की) टोंटी, 3 **jet engine** इंजन जो गैस या द्रव की तेज़ धाराएं पीछे की ओर छोड़ने से विमान को आगे की ओर धकेलता है; जेट इंजन, **jet plane** जेट (-इंजन से चालित) विमान **jet-propelled** जेट-चालित

jet^3 *vi* 1 (see prec) फुहारा छूटना, 2 *colloq* जेटविमान से यात्रा करना

jetsam जे॑ट्सम *n* (see foll) (जहाज़ को हल्का करने के लिए) फेंका हुआ माल जो किनारे आ लगे, प्रक्षिप्तमाल [cf. flotsam]

jettison जे॑टिसन *n* & *vt* 1 (संकट में जहाज़ को

हल्का करने के लिए माल को) समुद्र में फेंकना, फेंक देना [to ~ goods], 2 *fig* त्याग (देना)

jetty जे`टि *n* 1 बन्दरगाह या समुद्रतट के बचाव के लिए बनाया हुआ बांध या पुश्ता, 2 (माल उतारने का) घाट, जेटी

Jew जू *n* 1 यहूदी, 2 *derog* तंग कर के रुपया वसूल करने वाला महाजन या साहूकार; हर बात में अधिकाधिक नफ़ा ढूंढने वाला, पूरा बनिया 3 **jew-baiting** यहूदियों पर (निरन्तर) अत्याचार करना; (fem) ~ess यहूदिन

jewel जूअल *n* & *vt* 1 मणि, माणिक, रत्न, जवाहर, कीमती पत्थर, 2 रत्न जटित आभूषण, ज़ेवर, गहना; 3 बहुमूल्य वस्तु, मानव रत्न; *vt* रत्न या मणियां जड़ना, रत्न आदि से अलंकृत करना

jeweller जूअलर *n* जड़ाऊ गहने बेचने वाला, जोहरी

jewel(le)ry जूअल्-रि *n* 1 ज़ेवर, गहने, आभूषण, 2 जवाहरात

Jewry जूरि *n* यहूदी जाति

Jezebel जे`ज़िबल *n* 1 बेहया औरत, निर्लज्ज स्त्री, दुराचारिणी, 2 मुंह पर शोख़ सुर्खी आदि लगाने वाली वुढ़िया

jib^1 जिब *n* 1 जहाज़ के अग्रभाग का तिकोना पाल, 2 I know him by **the cut of his jib** मैं उसकी शक्ल-सूरत से परिचित हूँ, 3 **(crane-) jib** क्रेन का डंडा, क्रेन की भुजा, 4 **jib-boom** तिकोने पाल को फैलाने का डंडा

jib^2 *vt* 1 (of horse etc) अड़ना, आगे बढ़ने के बजाय दायें-बायें मुड़ना, 2 (of person) विरोध करना, अरुचि या अनिच्छा व्यक्त करना, नाक-भौं चढ़ाना या सिकोड़ना, to jib **at doing** sth कोई काम बे-दिली से करना, नापसन्द करना [He jibbed at working overtime]

jibe जाइब (see gibe)

jiffy जिफ़ि *n* बहुत थोड़ा समय, क्षण, पल; **in a jiffy** क्षण भर में

jig^1 जिग *n* 1 द्रुत नृत्य, 2 द्रुत नृत्य के लिए संगीत

jig^2 *vi* & *t* 1 द्रुत नृत्य करना, 2 to jig up and down (नृत्य करते हुए) कभी आगे जाना कभी पीछे, (घबराहट में) इधर-उधर दौड़ना, 3 *vt* खनिज पदार्थ को छानना, खनिज को छाननी में रख कर धोना (जिससे कि मोटे और महीन टुकड़े अलग-अलग हो जायें), 4 *comb*: **jig-saw** (बेल-बूटे बनाने के लिए लकड़ी तराशने की) छोटी आरी; **jig-saw puzzle** गत्ते आदि पर चिपके चित्र के आरी से टेढ़े-मेढ़े कटे टुकड़ों को पूर्ववत् जोड़ने का खेल

jigger^1 *n* 1 *naut* रस्सी समेत छोटा पाल; पाल-सहित छोटी किश्ती, 2 खनिज पदार्थ को छानने वाला, 3 **~-mast** चार मस्तूलों वाले जहाज़ का सबसे पिछला मस्तूल

jigger^2 *vt* (only in *pass*) (as a mild oath) Well, I'm jiggered मैं बड़ा हैरान हूँ !

jiggle जिगल *vt* हल्का धक्का देना, हौले-हौले झुलाना

jihad, jehad जिहाद *n* 1 मुसलमानों का धर्मयुद्ध; 2 *fig* (किसी सिद्धान्त के पक्ष या विरोध में) आन्दोलन

jilt जिल्ट *n* & *vt* पुरुष के प्रेम-प्रस्ताव को स्वीकार करने के बाद उसे अकारण त्याग देने वाली स्त्री, धोखेबाज़ प्रेमिका, 2 धोखेबाज़ प्रेमी, *vt* प्रेमी या प्रेमिका को छोड़ देना, प्रेम में (किसी को) धोखा देना

Jim Crow *n* 1 *deorg* हब्शी, 2 हब्शियों का पृथक्करण या पृथक्वास

jingle जिङ्गल *n* & *vi* & *t* 1 झंकार, झनकार, खनक, खनखन, छनछन, 2 (ध्यान आकर्षित करने के लिए) एक ही ध्वनि या मिलती-जुलती ध्वनियों की बार-बार आवृत्ति, अनुप्रास, यमक; *vi* & *t* 1 झनकारना, झनझनाना, छनछनाना, खनखनाना, [Bells, keys, ~; He ~s bells, keys, coins, etc]; 2 (of writing) अनुप्रासमय होना, यमक की छटा होना; अनुप्रास या यमक आदि से अलंकृत होना

jingo जिङ्गो *n* & *a* (in asseveration) **By jingo !** खुदा की कसम ! *n* उग्र राष्ट्रवादी, युद्ध का समर्थक, *a* युद्धप्रिय, बेधड़क, अत्यन्त साहसी, दुस्साहसी, बहुत जोशीला, **jingoism** *n* ज़रा सी बात पर दूसरे देश के साथ लड़ने को तैयार रहना, उग्र राष्ट्रवादिता, युद्धप्रियता, झगड़ालू प्रवृत्ति; **jingoist** *n* उग्र राष्ट्रवादी

jinks जिङ्क्स *n* **high jinks** कोलाहलपूर्ण आमोद-प्रमोद, रंग-रेलियां [to hold high jinks]

jinnee, jinn *n* (see genie)

jinricksha जिन्रिक्शि: *n* (*arch*) एक या अधिक आदमियों द्वारा खींची जाने वाली दो-पहिया हल्की टपदार गाड़ी (जो पहले-पहल १८७० में जापान में चली थी) (आधुनिक) रिक्शा

jinx जिङ्क्स *n* & *vt* (*colloq*) मनहूस आदमी या चीज़; *vt* मनहूस बनाना [The bungalow was ~ed]

jitter *vi* & *n* (*colloq*) घबराना, डरना, आशङ्कित होना; *n* **jitters** बेहद घबराहट, घोर आशङ्का [He is in jitters]; ~y *a* डरा और घबराया हुआ, आशङ्कित

jiu-jitsu (see ju-jutsu)

job^1 जॉब *n* 1 (पैसा कमाने या मज़दूरी पाने के लिए किया गया) काम, काम-धंधा, मज़दूरी, 2 फुटकर काम [to work by the ~], 3 नौकरी, रोज़गार [to be out of ~], 4 **to be on the ~** (जी लगा कर) काम करना, सतर्क रहना, 5 **to make a (good) job of sth** कोई काम अच्छी तरह करना या भली भांति निपटाना, 6 कठिन काम, बड़ी मेहनत का काम [I had a ~ to do]; **just the ~** (*colloq*) बिल्कुल वही जो चाहिए (था); 7 **bad**

~ काम जिस पर की गई मेहनत बेकार जाये, व्यर्थ या निष्फल परिश्रम; असन्तोषजनक स्थिति, 8 **job lot** (सट्टे के लिए ख़रीदा गया) थोक माल, 9 *comb*: **job-master** घोड़ा-गाड़ियां किराये पर देने वाला, **job printing** फुटकर छपाई; **job-work** फुटकर काम (जिसमें अलग-अलग काम की मात्रा के अनुसार मज़दूरी दी जाये) (see 2 above)

job^2 *vt* & *i* 1 घोड़ा या गाड़ी किराये पर देना या लेना, 2 (माल, शेयर आदि ख़रीदने-बेचने में) दलाली करना, 3 अमानत में ख़्यानत करना, बेईमानी करना, घूस लेना

jobber जॉबर *n* (see prec) 1 घोड़ा या गाड़ी किराये पर देने वाला, 2 (वि० स्टाक का) दलाल, आढ़तिया, मध्य वणिक्, 3 बेईमान आदमी, घूसख़ोर, भ्रष्टाचारी

jobbery जॉबरि *n* बेईमानी, घूसखोरी, भ्रष्टाचार

jobbing^1 *a* दिहाड़ी पर काम करने वाला, अमानी [a ~ workman, gardener, etc]

jobbing^2 *n* दलाली का काम

jockey जॉकि *a* & *vt* घुड़दौड़ का पेशेवर घुड़सवार, जाकी; *vt* धोखा देना, झांसा देना [to ~ **s.o. into, out of, doing** sth]

jocko जॉको *n*=chimpanzee

jocose जकोस, जोकोस *a* उपहास करने वाला, विनोदयप्रिय मज़ाकिया, मख़ौलिया; ~**ly** *adv* हँसी में, मज़ाक में, दिल्लगी में; ~**ness**, **jocosity** *nn* मसख़रापन, मज़ाकियापन

jocular जॉक्युलर *a* 1 हँसी या दिल्लगी करने वाला, विनोदप्रिय, विनोदी, ख़ुशमिज़ाज, 2 हास्यपूर्ण, हास्यात्मक, हँसी-मज़ाक का, मज़ाकिया; ~**ity** *n* 1 विनोदप्रियता, ख़ुशमिज़ाजी, 2 हास्यात्मकता

jocund जॉकन्ड *a* 1 ख़ुश, प्रसन्नचित्त, आनन्दित, उल्लसित, 2 ख़ुशमिज़ाज, ज़िन्दादिल; ~**ity** *n* ख़ुशमिज़ाजी

jodhpurs जॉड्पर्ज़ *n-pl* घुड़सवारी की (टख़ने तक लम्बी) बिरजिस

jog^1 जॉग *n* 1 झटका, धक्का, कुहनी मारना, 2 धीमी चाल, 3 *comb*: **jog-trot** *n* (i) धीमी दुलकी चाल, (ii) *fig* धीमी प्रगति, धीमी चाल से होने वाला काम, धीमा काम

jog *vt* & *i* 1 झटका देना, धक्का देना, हिलाना-डुलाना, (ध्यान आकर्षित करने के लिए) कुहनी मारना, 2 (स्मृति आदि) जागृत करना, याद ताज़ा करना [to ~ **s.o's, one's own, memory**], 3 *vi* to **jog on, along** धीरे-धीरे जाना, लड़खड़ाता-सा चलना; **Matters jog along** जैसे-तैसे या धीरे-धीरे काम चल रहा है, 4 (U.S.) (व्यायाम के लिए) मन्दगति से दौड़ना

joggle^1 जॉगल *vt* & *i* & *n* बार-बार हल्का सा धक्का देना, झटके देते रहना, ठेलना, *vi* हिलता-डोलता रहना, *n* हल्का धक्का या झटका

joggle^2 *n* & *vt* (लकड़ी या पत्थर के दो टुकड़ों को जोड़ने की) कील या पच्चर; ऐसे एक टुकड़े में बनी) खांच; *vt* दो टुकड़ों की पच्चर से जोड़ना, पच्चर लगाना

John जॉन *n* **John Bull** (i) अंग्रेज़ जाति (ii) पक्का अंग्रेज़

johnny जॉनि *n* 1 व्यक्ति, आदमी, लड़का, छोकरा; छैला, बांका, 2 **J~ Raw** अनुभवहीन व्यक्ति

Johnsonian जॉन्सोनिअन *a* 1 लेखक एवं कोशकार जानसन (Samuel Johnson) की शैली का, 2 जिसमें लैटिन-निष्ठ शब्दों का बाहुल्य हो

join जॉइन *vt* & *i* & *n* 1 जोड़ना, मिलाना [to join sth **with, to,** sth], 2 (दो व्यक्तियों का) गठ-बंधन करना, विवाह कराना, पाणिग्रहण कराना to ~ two persons, to ~ s.o. **to** *or* **with** s.o.], 3 **to join hands (with s.o.)** किसी के साथ मिलकर काम, व्यवसाय आदि करना, किसी के साथ मिल जाना, 4 **to join battle** युद्ध आरंभ करना, 5 **to join issue** (see issue^1 5), 6 मिलना, मिल जाना, आ मिलना, साथ हो लेना [to ~ a procession; the street ~s the main road], 7 to ~ a party, a club, the army, etc. दल में मिलना या शामिल होना, क्लब का सदस्य बनना, सेना में भर्ती होना, 8 (अवकाश के बाद) काम या कार्यभार संभालना, काम शुरू करना, (दफ़्तर आदि में) अपना स्थान या पद (पुनः) ग्रहण करना [to ~ duty, the office, the regiment, etc], **joining date, report, time, etc** कार्यग्रहण की तारीख, रिपोर्ट, अवधि आदि, 9 *vi* **to join in** सम्मिलित होना, शामिल होना, हिस्सा लेना, मिल कर काम करना [to ~ **in** the protest, to ~ **in doing** sth], 10 (of bone) मिल जाना, जुड़ जाना [to ~ **together**]; *n* जोड़, संधि

joinder जॉइन्डर *n* 1 जोड़ना, संयोजन, 2 *law* (वादहेतुकों का) संयोजन

joiner जॉइनर *n* बढ़ई का छोटा-मोटा काम करने वाला, फर्नीचर आदि बनाने वाला कठिहार; **joinery** *n* 1 बढ़ई का काम; बढ़ईगिरी, 2 बढ़ई की दुकान

joint^1 जॉइन्ट *n* 1 (अंग का) जोड़, संधि; **out of joint** (i) (of bone) जोड़ से उतरी हुई, उखड़ी हुई (हड्डी), (ii) *fig* अव्यवस्थित, गड़बड़ [Times are out of ~], 2 तने का वह स्थान जहां से कोई शाखा या पत्ता निकले, संधि, गांठ, 3 चूल, 4 (सावयव पदार्थ का) अवयव, खंड, भाग, जोड़, 5 *geol* (चट्टान की) दरार, 6 कसाई द्वारा काटे पशु-शव के मुख्य खंड या बड़े टुकड़े, मांस-खंड

joint^2 *a* 1 जिसपर दो या अधिक व्यक्तियों का, समान अधिकार हो, दो या अधिक व्यक्तियों द्वारा मिल कर किया हुआ, दो या अधिक व्यक्तियो का मिला-जुला, संयुक्त, [~ estate, undertaking, action, family, etc.], 2 (of persons) समान अधिकार रखने वाले, मिलकर काम करनेवाले, साथी,

भागीदार, संयुक्त, सह-, ~ **ownership** संयुक्त स्वामित्व, सहस्वामित्व, 3 **joint stock** (शेयरधारियों की) संयुक्त पूंजी; **joint and several responsibility** संयुक्त तथा व्यक्तिगत उत्तरदायित्व, **during their ~ lives** जब तक वे (दोनों या सब) जीवित रहें, **jointly** *adv* मिलकर, संयुक्त या सामूहिक रूप से [jointly and severally]

joint *vt* 1 (अवयवों को) जोड़ना, जोड़ मिलाना, 2 *archit* रद्दों के बीच खाली छूटी जगहों में मसाला भरना, दरजबन्दी करना

jointed *a* 1 (of speech) स्पष्ट, समझ में आने वाला, बोधगम्य, 2 गांठदार, सन्धिमय

jointress *n* विधवा-धन प्राप्त नारी (see foll)

jointure जॉइन्चर *n* & *vt* पति के द्वारा पत्नी के नाम की गई संपत्ति जिसका उपयोग वह पति के मृत्यु के बाद आजीवन कर सकती हैं, स्त्रीधन, विधवा-धन; *vi* (पत्नी के लिए) ऐसे धन की व्यवस्था करना

joist जॉइस्ट *n* कड़ी, शहतीर

joke¹ जोक *n* 1 हंसाने वाली बात, हास्योक्ति, चुटकुला, लतीफ़ा, 2 हंसी, दिल्लगी, ठिठोली, मज़ाक, मख़ौल, 3 **practical joke** उपहासार्थ छेड़खानी, छेड़-छाड़, शरारत

joke² *vi* हंसी या दिल्लगी करना, ठिठोली करना, छेड़ना

joker *n* 1 मख़ौलिया, मसख़रा, भांड, विदूषक 2 (cards) जोकर

jollification *n* आमोद-प्रमोद, रंगरलियां, आनन्दोत्सव, मद्यपानोत्सव, शराब का दौर [to have a jollification]

jollify जॉलफ़ाइ *vi* रंगरलियां मनाना, मज़े करना, थोड़ी थोड़ी देर बाद (शराब) पीते रहना

jollity जॉलिटि *n* मनोरंजन, आमोद-प्रमोद, रंगरलियां, उत्सव, जलसा

jolly जॉलि *a* & *adv* 1 प्रसन्न, आनंदित, उल्लसित, मज़े में, 2 खुश-मिज़ाज, ज़िन्दा-दिल, 3 कुछ-कुछ नशे में, (*adv*, *colloq*) बहुत, अत्यन्त [I'm ~ glad; I'll take ~ good care]

jolly (-boat) *n* जहाज़ की छोटी डोंगी

jolt जोल्ट *n* & *vt* & *i* हचकोला, झटका, धक्का, *vt* हचकोला या झटका देना, *vi* हचकोला या झटका खाना [The vehicle ~ed terribly]

Jonah जोनः *n* मनहूस आदमी

Jonathan जॉन-थन *n* 1 (**Brother**) ~ अमरीकी, पक्का अमरीकी, 2 एक प्रकार का सेब (जिसे प्रायः भोजनोपरान्त खाते हैं)

jonquil जॉङ्क्विल *n* 1 नरगिस का एक प्रकार, 2 इस फूल का रंग, हल्का पीला रंग

jorum जॉरम *n* 1 बड़ा जाम, 2 जाम में भरी शराब

joss जॉस *n* 1 (चीनी) देवता की मूर्ति, 2 **~-house** चीनी मन्दिर या देवालय

jostle जॉसल *vi* & *t* & *n* 1 धक्कम-धक्का होना, टकराना, टक्कर खाना, भिड़ना [to ~ against s.o. in the crowd], 2 **to ~ with s.o. for sth** किसी चीज़ के लिए किसी के साथ संघर्ष करना, *vt* धक्का देना या मारना, कुहनी मारना, (in *pass*) **to be ~ed about** धक्के खाना, धक्के लगने से कभी इधर होना और कभी उधर *n* धक्कमधक्का, टक्कर, भिड़न्त, मुठभेड़

jot¹ जॉट *n* (usu with *neg*) कण, लव, लेश, लेशमात्र, ज़रा, ज़रा-सा [not a ~ of truth in this statement]

jot² *vt* (संक्षेप में या थोड़ा-सा) लिख लेना, टांक लेना, टीपना [to ~ sth down]; **jottings** (*n pl*) संकेत-मात्र लेख, टीप, टिप्पणी

journal जर्नल *n* 1 घटनाओं का दैनिक विवरण, विवरण-पत्रिका, दैनिकी, रोज़नामचा, 2 (*Parl*) **the J~s** दैनिक कार्यवाही की विवरण-पत्रिका, 3 (दैनिक) समाचारपत्र, (साप्ताहिक, मासिक आदि) पत्रिका, (जहाज़ का) रोज़नामचा

journalese जर्नलीज़ *n* समाचारपत्रों की शैली या शब्दावली, अख़बारी भाषा, पत्रकार-शैली

journalism जर्नलिज़्म *n* पत्रकारिता, अख़बारनवीसी

journalist जर्नलिस्ट *n* पत्रकार, अख़बारनवीस

journey¹ जर्नि *n* 1 यात्रा, सफ़र [to take, make, undertake, perform, a ~], 2 निर्दिष्ट समय में तय की जाने वाली दूरी [Badrinath is four days' ~ from Hardwar], 3 *comb*: **~-man** (i) दूसरे (अर्थात् ठेकेदार आदि) के नाम पर या उसकी ओर से काम करने वाला कारीगर, मज़दूरीपेशा कारीगर, कमेरा (ii) *fig* भाड़े का टट्टू, **~-work** (दूसरे के नाम पर किया हुआ) भाड़े का काम, ठेके का काम

journey² *vi* यात्रा करना, सफ़र करना

joust जाउस्ट, जूस्ट *n* & *vi* दो घुड़सवार सूरमाओं (knights) का भालों से परस्पर युद्ध (करना), भाले-बाज़ी करना

Jove जोव *n* (*Rom myth*) देवताओं का राजा, वर्षा का देवता, जूपिटर; **By Jove** ख़ुदा की कसम

jovial जोविअल *a* 1 प्रसन्न, आनंदित, उल्लसित, 2 हंसमुख, विनोदशील, खुशमिज़ाज, जिन्दादिल [~ fellow], 3 खुशी का, आनन्द का, विनोद का [in a ~ mood], **jovially** विनोदपूर्वक

joviality जोविऐलिटि *n* खुशमिज़ाजी, जिन्दादिली, विनोदशीलता

jowl जाउल *n* 1 जबड़े की हड्डी, जबड़ा, 2 गाल, कपोल; **cheek by jowl** (see cheek); 3 (गाय आदि पशुओं का) गल-कंबल, सास्ना

joy जॉइ, खुशी, प्रसन्नता, हर्ष, आनन्द, उल्लास, आह्लाद, आनन्द देने वाला [A thing of beauty is a joy for ever], 2 *comb*: **joy-bells** मंगल अवसरों पर बजाई जाने वाली घंटियां, मंगल-घंटियां; **joy-ride** (*colloq*) चोरी की मोटर में सैर; ~-

ful *a* 1 प्रसन्न, मुदित, आनंदित, उल्लसित, 2 ख़ुशी का, आनन्द, का,हर्षोल्लास का, ~**less** *a* 1 उदास, खिन्न, शोकमग्न, 2 उदासी का, शोक का, दुःख का,

joyous जोॅइअस *a* =joyful

jubilant जूबिलन्ट *a* आनंदित, उल्लसित, खुशी से नाचता या चिल्लाता हुआ

jubilate जूबिलेट *vi* खुशी से फूला न समाना, खुशी से नांच उठना, खुशी के मारे चिल्लाना, **jubilation** जूबिलेशन *n* 1 आनन्द, उल्लास, हर्षोल्लास 2 उत्सव, आनन्दोत्सव

jubilee जूबिली *n* 1 अपार हर्ष, हर्षोल्लास, 2 उत्सव, महोत्सव, जयन्ती; **silver** ~ रजत जयन्ती; **golden** ~ स्वर्ण जयन्ती; **diamond** ~ हीरक जयन्ती

Judaism जूडे-इज़म *n* यहूदी धर्म; यहूदी जगत्

Judas जूडस *n* 1 ईसा के साथ रहने वाले १२ अनुयायियों में से वह जिसने ईसा को पकड़वाया था, 2 विश्वासघाती ~ **kiss** विश्वासघात, 3 किवाड़ में बना झांकने का छिद्र (judas)

judge^1 जज *n* 1 न्यायाधीश, जज, 2 (किसी प्रश्न का) फ़ैसला करने वाला, निर्णायक 3 (झगड़े का) फ़ैसला करने वाला, पंच, 4 (किसी वस्तु के) गुण-दोष पहचानने वाला, पारखी [a good ~ of wine]

judge^2 *vt* & *i* 1 (कैदी को) दण्ड या सज़ा सुनाना [to ~ a prisoner], 2(प्रश्न, मामले आदि का) फ़ैसला करना, निर्णय करना, निर्णय पर पहुंचना, 3 (व्यक्ति या मामले के बारे में) धारणा या मत राय या विचार बनाना [A man is ~d by his deeds], 4 *vi* & *t* समझना, ख़्याल करना, अनुमान करना [you can judge (of) my surprise]

judg(e)ment 1 फ़ैसला, निर्णय, **to sit in ~ on s.o.** किसी के(आचरण के) बारे में व्यवस्था या फतवा देना, 2 (न्यायाधीश द्वारा दिया गया)दण्डादेश, दण्डाज्ञा [to pronounce, deliver, ~], 3 धारणा, राय, मत, विचार [in my ~], 4 निर्णय करने की शक्ति या योग्यता, विवेक, बुद्धि, समझ, परख [Use your own ~],5 *comb*: **J~ Day, the day of ~** कयामत का दिन (जब कि ईसाइयों और मुसलमानों के अनुसार मुर्दे उठ खड़े होंगे और ईश्वर के सामने उनका न्याय होगा); **~-seat** न्यायासन, न्यायाधीश का आसन

judicature जूडि-क-चर *n* 1 न्याय-वितरण, न्याय-व्यवस्था, न्यायतन्त्र, न्यायपालिका, 2 न्यायालय, **Supreme Court of J~** सर्वोच्च न्यायालय, 3 *collect* न्यायाधीश-मंडल, 4 न्यायाधीश का पद या कार्यकाल

judicial जूडिशल *a* 1 न्यायालय का, न्यायालय द्वारा किया जाने वाला, अदालती, न्यायिक [~ enquiry]; ~ **separation**(see separation), 2 **judicial murder** कानून के अनुसार किन्तु अनुचित मृत्युदण्ड, न्यायिक हत्या, 3 जिसे(न्यायालयकी भांति) दण्डादेश देने का अधिकार हो. दण्डाधिकार-सम्पन्न, अदालती, न्यायिक [a ~ assembly],4 न्यायोचित, न्यायाधीशोचित, निष्पक्ष, 5 निर्णयात्मक, विवेचनात्मक, आलोचनात्मक, ~ faculty विवेचना-शक्ति, ~**ly** *adv* 1 न्यायिक दृष्टि या रीति से, 2 निष्पक्षता से

judiciary जूडिशरि *n* न्यायाधीश-मंडल, न्यायाधीश-गण, न्यायपालिका

judicious जूडिशस *a* 1 विवेकी, विवेकशील, सूक्ष्मदर्शी,2समझदार, विवेकपूर्ण, समझदारी का; ~**ly** *adv* विवेक से, समझदारी से; ~**ness** *n* विवेक, विवेकशीलता बुद्धिमत्ता, समझदारी

judo जूडो *n* आधुनिक जापानी कुश्ती, जूडो

jug^1 जग *n* 1 पानी आदि के लिए मर्तबान-जैसा लंबोतरा बर्तन, एक प्रकार की सुराही, जग, 2**(stone)** ~ (*sl*) कारागार

jug^2 *vt* 1 जग में (खरगोश आदि) उबाल कर पकाना [~ged hare], 2 *sl* कैद करना

jug^3 *vi* (of nightingale or other bird) जग-जग शब्द करना, चहकना

Juggernaut जग-नॉट *n* 1 पुरी (उड़ीसा) के मन्दिर में जगन्नाथ श्री कृष्ण की मूर्ति (जिसके विषय में कहावत है कि वार्षिक रथ-यात्रा के समय अनेक भक्तजन रथ के आगे लेट कर प्राण दे देते थे), 2 *fig* प्रथा या अन्धविश्वास जिसकी ख़ातिर लोग स्वयं या दूसरों को बलिदान कर दें

juggins जगिन्ज़ *n* (*sl*) बुद्धू, उल्लू

juggle जगल *vi* & *t* 1 मदारी का खेल करना, हाथ की सफ़ाई दिखाना [to ~ with balls, plates, etc], 2 to ~ **with** s.o. किसी को बहकाना, गुमराह करना, 3 to ~ **with figures, facts, etc.** आँकड़ों, तथ्यों आदि को ग़लत रूप में पेश करना, ग़लत अर्थ निकालना, 4 to ~ **with** s.o.'s feelings किसी की भावनाओं के साथ खेलवाड़ करना, 5(*vt*)to ~ sth **away** कोई चीज चालाकी से उड़ा लेना

juggler जग्लर *n* 1 मदारी, बाज़ीगर, जादूगर, ऐन्द्रजालिक, 2 चीज़ें उठा या उड़ा लेने वाला, उठाईगीर, ठग, धोखेबाज़; **jugglery** *n* 1 मदारी का खेल, हाथ की सफाई, 2 ठगी, धोखा, **~y of words** शब्दों का हेर-फेर

jugular जग्युलर *a* & *n* गले का, गर्दन का, ~ **veins** गले की बड़ी शिराएं या नसें या नाड़ियां, *n* गले की शिरा या नस या नाड़ी

jugulate जग्युलेट *vt* 1 गला घोंटना, गला घोंट कर मारना, 2 *fig* तेज़ दवाई से रोग को दवा लेना

juice जूस *n* 1 (फल, सब्ज़ी आदि का) रस, (मांस का) रसा, शोरबा, 2 (शरीर में विद्यमान अनेक प्रकार का) रस [gastric, pancreatic, ~] 3 (*fig*) सार, सारांश, अर्क, सत; ~**less** *a* नीरस, सूखा, फीका,बे-मज़ा

juicy जूसि *a* 1 रसभरा, रसदार, रसीला, सरस, 2 (of weather) नमी वाला, गीला, बरसाती, 3 (*colloq* of writing etc) रोचक, मजेदार, दिल-

चस्प, मनोरंजक

ju-jitsu जूजिट्सू *n* (see ju-jutsu)

ju-ju जू-जू *n* (W. Afr.) 1 तावीज़, 2 तावीज़ का चमत्कारी प्रभाव

jujube जूजूब *n* 1 बेर, 2 जिलेटिन आदि की (मुँह में घुलने वाली) मीठी गोली

ju-jutsu, ju-jitsu जूजिट्सू *n* जापानी कुश्ती या मल्ल-युद्ध

julep जूलेँप *n* शरबत आदि पेय (वि० औषध के साथ पीने के लिए)

Julian जूलिअन *a* जूलिअस सीज़र का; ~ **calender** जूलियस सीज़र द्वारा प्रवर्तित कैलंडर, रोमन कैलन्डर (जिसका संशोधित रूप आधुनिक अंग्रेज़ी कैलन्डर है)

July जुलाइ *n* जुलाई (का महीना) (renamed in honour of Julius Caesar), लगभग मध्य आषाढ़ से मध्य श्रावण तक

jumble^1 जम्बल *vt* बिना क्रम के मिला देना, गड़बड़ करना, गड्डमड्ड करना [to ~ everything up]

jumble^2 *n* 1 क्रमरहित समूह, ढेर, अंबार, इकट्ठ, 2 क्रमभंग, अव्यवस्था, गड़बड़, गड्डमड्ड, घाल-मेल, खिचड़ी, 3 ~ of words शब्दजाल, 4 *comb:* ~ **sale** तरह-तरह के पुराने माल की बिक्री; ~-**shop** कबाड़ी की दुकान

jumbo जम्बो *n* & *a* महाकाय एवं बेडौल आदमी, बृहदाकार भद्दा जानवर, लंबी-चौड़ी और भद्दी चीज़, *a* बृहदाकार; **jumbo jet** बड़ा जेट-विमान (जिस में कई सौ यात्री बैठ सकते है)

jump^1 जम्प *n* 1 कूद, कुदान, उछाल, फलांग, छलांग [**long, high,** ~], (of deer) चौकड़ी, 2 चौंक [That gave me a ~], 3 (मूल्य, परिमाण आदि की) आकस्मिक वृद्धि; 4 (शृंखला में) टूट, शून्य, संबंध जोड़ने वाली कड़ी का अभाव; (दलील या तर्क में) त्रुटि, छूट, अभाव

jump^2 *vt* & *i* 1 उछलना, कूदना, छलांग मारना, (of deer) चौकड़ी भरना, (of bird) फुदकना, 2 चौंकना, चौंक पड़ना या उठना, 3 (कीमतों का) एकाएक बढ़ना, 4 **to ~ at an ofler** प्रस्ताव या पेशकश झट स्वीकार कर लेना, 5 **to ~ to a conclusion** बिना सोचे-विचारे निष्कर्ष पर पहुंच जाना, 6 to jump out of one's skin चौंकना, हैरान रह जाना, उल्लसित होना;7**to ~ down s.o.'s throat** क्रोधपूर्वक टोकना या उत्तर देना, झिड़कना, डांटना, फटकारना; 8 *vt* छलांग मार कर पार कर जाना, फलांगना, फांदना, 9 (of railway carriage) **to jump the line, track, rails** पटरी पर से उतर जाना, 10 उछालना, कुदाना, 11 (पढ़ने में पुस्तक के कुछ पन्ने) छोड़ जाना [to ~ the pages], 12 **to jump the queue** पंक्ति तोड़ कर आगे बढ़ जाना; *fig* अपनी बारी का इन्तज़ार किये बिना कोई चीज़ ले लेना

jumper जम्पर *n* 1 नाविक की ढीली-ढाली जाकेट, 2 स्त्रियों की जाकेट

jumpy जम्पि *a* जल्दी घबरा जाने वाला, घबराया हुआ, अशांत

junction जङ्क्शन *n* 1 जोड़, संधि, (दो चीज़ों के) मिलने की जगह, (of two rivers) संगम, 2 *rail* जंक्शन, 3 ~-**box** (बिजली के तारों का) संधि-बक्स

juncture जङ्क्चर *n* 1 जोड़, संधि, 2 परिस्थितियों का योग, कठिन परिस्थिति, संकट की घड़ी, नाज़ुक घड़ी [at this ~]

June जून *n* जून का महीना (लगभग मध्य ज्येष्ठ से मध्य आषाढ़ तक)

jungle जङ्गल *n* 1 जंगल, **law of the** ~ घातक प्रतियोगिता; जिसकी लाठी उसकी भैंस, 2 जीवन के लिये घोर संघर्ष; 3 क्रमरहित समूह, 4 *attrib:* जंगली, वन्य [~ cat, ~ fowl]

junior जूनिअर *a* & *n* 1 छोटा, कम उमर का, कनिष्ठ, ~ **school** छोटे बच्चों का स्कूल, छोटा स्कूल 2 पद में छोटा, अवर, ~ **partner** अवर साझीदार; 3 पुत्र और पिता का एक-जैसा नाम होने पर पुत्र के नाम के साथ junior लगाते हैं, *e.g.* John Smith Junior; *n* उमर या पद में छोटा व्यक्ति

juniority जूनिओँरिटि *n* 1 अपेक्षाकृत कम उमर, कनिष्ठता, 2 अवरता

juniper जूनिपर *n* शंकुधारी सदाबहार पेड़ों की जाति

junk^1 जङ्क *n* 1 पुरानी रस्सी को काट कर बनाये गये छोटे-छोटे टुकड़े, 2 कूड़ा-करकट, रद्दी माल, कबाड़, ~-**shop** कबाड़ी की दुकान 3 बेडौल टुकड़ा या खंड, डला, ढेला, पिंड

junk^2 *n* (चपटे पेंदे का चीनी) जहाज़, पोत

junket जङ्किट *n* & *vi* 1 एक सुस्वादु भोज्य जिसे पनीर और पनीर-जल में चीनी मिला तथा ऊपर मलाई डाल कर बनाते हैं, एक प्रकार की रस-मलाई, 2 सुस्वादु भोज्य या भोजन, प्रीतिभोज, दावत; *vi* खूब खाना-पीना, मज़े करना पिकनिक करना

Juno जूनो *n* 1 (*Rom myth*) जूनो, जूपिटर की पत्नी; विवाह की देवी, 2 परम रूपवती स्त्री

junta जन्टः *n* 1 (स्पेन और इटली में) मन्त्रणा-परिषद्, शासन-परिषद, 2 (वि० राज्य विप्लव के बाद और वैध सरकार बनने से पूर्व) शासन करने वाला गुट, शासक गुट, दल, मंडली

junto जन्टो *n* (= prec) गुट, दल, मंडली

Jupiter जूपिटर *n* 1 (*Rom myth*) जूपिटर, देवताओं का राजा, 2 सौर जगत् का सब से बड़ा ग्रह, बृहस्पति, गुरु

juridical जुरिडिकल *a* 1 अदालती कार्यवाही का या कार्यवाही से संबंधित, 2 अदालती, न्यायिक कानूनी

iurisconsult जुअरिस्कन्सल्ट *n* विधिवेत्ता, कानून-

दां , विधिशास्त्री

jurisdiction जुअरिस्‌डिक्शन *n* 1 न्यायव्यवस्था, न्यायपालन, न्यायवितरण, 2 अधिकार, कानूनी अधिकार, 3 अधिकारक्षेत्र [a matter, an area, **within the ~ of ...]; ~al** अधिकारक्षेत्र का

jurisprudence जुअरिसप्रूडन्स *n* 1 विधिशास्त्र, न्यायशास्त्र, 2 विधिज्ञता, विधिविशारदता

jurisprudent जुअरिस्‌प्रूडन्ट *a* & *n* विधिज्ञ, विधि-विशारद, काननूदां *n* विधिशास्त्री, न्यायशास्त्री **~ial** -प्रूडें न्शल *a* विधिशास्त्र का, विधिशास्त्र-संबंधी

jurist जुअरिस्ट *n* विधिविशारद, विधिज्ञ, न्यायशास्त्री,कानूनदां, काननूी मामले पर लेख लिखने वाला; **juristic(al)** जुअरिस्टिक(ल) *aa* न्यायशास्त्र सबंधी, विधिशास्त्र का

juror जुअरर *n* ज्यूरी का सदस्य (see foll)

jury जुअरि *n* 1 अदालत द्वारा प्रस्तुत मामले पर व्यवस्था देने के लिए सशपथ नियुक्त व्यक्तियों की सभा,न्यायसभा, न्यायसमिति, ज्यूरी 2 प्रतियोगिता में पुरस्कार-विजेताओं का निर्णय करने वाली समिति, पुरस्कार-समिति,3 **~-box** अदालत में ज्यूरी के सदस्यों के बैठने का कटघरा, **~man**, जूरी का सदस्य, **~women** ज्यूरी की सदस्या

jury-mast जुअरि-मास्ट *n* कामचलाऊ मस्तूल

jussive जसिव *n* (*gram*) आदेशसूचक, आदेशवाचक [~ mood etc]

just^1 जस्ट *a* 1 (of conduct, opinion, etc) न्यायसंगत, न्यायोचित, न्याय्य; निष्पक्ष, उचित, ठीक [a ~ sentence], 2(of person) न्यायप्रिय, न्यायपरायण, निष्पक्ष, पक्षपातरहित, ईमानदार, खरा; **~ness** *n* 1 औचित्य, न्याय्यता, निष्पक्षता, 2 ठीक या सही होना, शुद्धता [justness of an observation]

just^2 *adv* 1 ठीक, ठीक-ठीक बिल्कुल, [just at that moment...]; **That is ~ it** बिल्कुल यही बात है, 2 मुश्किल से, बाल-बाल [I ~ managed to pass; He ~ escaped being hit], 3 अभी, अभी-अभी, तभी, ठीक उसी समय [I have ~ arrived], 4 केवल, सिर्फ़, बस, just one! केवल एक!, just a moment, please कृपया क्षणभर प्रतीक्षा कीजिए या ठहरिये, 5 **~ as** जैसे, जैसे ...वैसे [Just as you please!]

justice जस्टिस *n* 1 न्याय्यता, औचित्य, निष्पक्षता, ईमानदारी, 2 न्याय, इंसाफ़; **court of ~** न्यायालय, अदालत, 3 न्यायाधीश, न्यायमूर्ति, जज, 4 मजिस्ट्रेट; **J~ of the Peace** नगर या ज़िले में शांति बनाये रखने के लिए नियुक्त छोटा मजिस्ट्रेट, 5 **poetic(al) justice** दुष्टों को दण्ड मिलना और साधुजनों का पुरस्कृत होना (जैसा कि काव्य, नाटक आदि में देखने को मिलता है); दण्ड और पुरस्कार का यथार्थ वितरण, यथार्थ न्याय, 6 **to do ~ to** की कद्र करना, के साथ यथोचित व्यवहार करना, 7 **to do oneself ~** यथाशक्ति काम करना, पूरी योग्यता से काम करना, 8 (*colloq*) **to do (full) ~ to a meal** (खूब) पेट भर कर खाना (जिससे व्यक्त हो कि खाना अच्छा लगा)

justiciable जस्टिश्यबल *a* जिसके बारे में अदालती कार्यवाही की जा सके, अदालत में पेश करने योग्य, वादयोग्य

justiciary जस्टिश्यरि *n* & *a* 1 न्यायव्यवस्था करने वाला अधिकारी, न्यायाधिकारी, न्यायपालक; 2 न्यायपालक का पद, *a* न्यायव्यवस्था से संबंधित, न्यायिक

justifiable जस्टिफ़ाइअबल *a* जिसे उचित या ठीक या न्यायसंगत ठहराया जा सके, न्याय्य

justification जस्टिफ़िकेशन *n* 1 औचित्य, न्याय्यता, 2 औचित्य-प्रदर्शन, औचित्य-प्रमाणन, समर्थन, 3 कारण, वजह, आधार

justified जस्टिफ़ाइड *a* 1 (of act) उचित, ठीक, न्यायसंगत, न्यायसम्मत [a fully ~ decision], 2 (of person, act) जिसके कथन या कार्य का समुचित आधार हो, ठीक

justify जस्टिफ़ाइ *vt* 1 उचित या ठीक ठहराना, उचित या ठीक प्रमाणित करना [The Minister justified the action of the Govt], न्यायसंगत सिद्ध करना, 2 कारण या वजह बताना, सफ़ाई देना, समर्थन करना [to ~ one's, s.o.'s, conduct], 3 आधार बताना [to ~ one's claim], 4 *print* (पंक्ति को) ठीक करना

jut जट *n* & *vi* 1 आगे को निकला हुआ सिरा, उभरा हुआ भाग, उभार, 2 छज्जा, *vi* आगे को या बाहर को निकलना, उभरना [to **~ out**, to **~ forth**]

jute जूट *n* सन, पटसन, पाट, पटुआ

juvenescence जूव-नेंसन्स *n* यौवनोन्मेष, यौवन का आरंभ, नवयौवन, **juvenecent** *a* नवयुवा, तरुण

juvenile जूवनाइल *a* & *n* 1 प्रायः 18 वर्ष तक की आयु का (लड़का या लड़की), अल्पवयस्क, नाबालिग, किशोर, तरुण, 2 लड़कपन का, बचकाना, बालोचित, अल्पवयस्कों का [~ behaviour]; **~ court** किशोर अपराधियों के लिए कचहरी, किशोर-न्यायालय; **~ delinquency** (see delinquency), **~ literature** किशोर-साहित्य, **~ troupe** किशोर मंडली; *n* किशोर, किशोरी, तरुण, तरुणी

juvenilia जूव-निलिअ *n pl* (लेखक या कलाकार की) किशोरावस्था की रचनाएं

juvenility जूव-निलिटि *n* किशोरावस्था

juxtapose जक्स्ट-पोज़ *vt* पास-पास या अगल-बगल रखना, सटाना, लगाना, मिलाना [to ~ sth to, with, sth], **~d** *a* सटे हुए, साथ लगे या मिले हुए, पास-पास स्थित

juxtaposition जक्स्ट-पज़िशन *n* 1 सटाना, संनिधान, 2 सटा हुआ होना, निकटता, समीपता, सन्निधि, सान्निध्य

Kk

K, k के, अंग्रेज़ी वर्णमाला का ग्यारहवां वर्ण; *abbrs:* kg=kilogramme; kl= kilolitre; km=kilometre, **Kt** or **Knt**= knight

Kafir कैफ़र *n* 1 दक्षिण-अफ़्रीका की बंटू (Bantu) जाति का व्यक्ति, 2 इसकी भाषा

kafir कैफ़र *n* मध्य एशिया में काफ़रिस्तान (also called Nuristan) का निवासी

kago कागो *n* बेंत आदि की बनी जापानी पालकी

kail(yard) (see kale)

Kaiser काइज़र *n* (जर्मनी, आस्ट्रिया का) सम्राट्, कैसर

kala-azar काल-अज़ार *n* गरम देशों का ज्वर-सहित संक्रामक रोग, काला-आज़ार, कालाज़ार, काल-ज्वर

kale, kail केल 1 बन्दगोभी की किस्में, करम कल्ला आदि, 2 **kaleyard** घर में साग-सब्ज़ी उगाने का बगीचा, साग-बाड़ी, शाकवाटिका

kaleidoscope कलाइडस्कोप *n* 1 शीशे की नली जिसमें रखे रंग-बिरंगे कांच के टुकड़ों के सुन्दर प्रतिबिम्ब दिखाई देते हैं और नली को घुमाने से वे प्रतिबिम्ब नये-नये आकार ग्रहण करते रहते हैं, बहुमूर्तिदर्शी, 2 *fig* क्षण-क्षण में रूप बदलने वाली सुन्दर वस्तुओं का समूह; क्षण-क्षण में बदलने वाला रमणीय दृश्य

kaleidoscopic(al) कलाइडस्कॉपिक(ल) *aa* क्षण-क्षण में बदलने वाले रमणीय दृश्य जैसा, नित्य नया रूप धारण करने वाला, क्षण-क्षण में बदलने वाला, बहुरूपदर्शी

kalends = calends

kangaroo कैंगरू *n* 1 आस्ट्रेलिया, तस्मानिया आदि में पाया जाने वाला चोपाया (जो छोटे बच्चे को प्राय: थैली में उठाये फिरता है), कांगरू, कंगारू, 2 ~ **court** हड़तालियों आदि की अवैध कचहरी

Kantian कैन्टिअन *a* जर्मन दार्शनिक कांट (Kant 1724-1804) का

kaolin केअलिन *n* बढ़िया चीनी मिट्टी (जिससे बहुत पतले और नाज़ुक बर्तन बनते हैं)

kapok केपॉक *n* सेमल की रूई

karate कराटि *n* शस्त्र के बिना केवल हाथ-पांव से लड़ने की जापानी पद्धति, कराटे

kartell = cartel

katabolism, cata-, कटैबलिज़म *n* (*biol*) कोशाणुओं का ह्रास, अपचय

kauri काउरि *n* न्यूज़ीलैंड का चीड़ का पेड़

kayak काइ-ऐक *n* ऐस्किमो लोगों की डोंगी

keck कॅक *vi* 1 कै करने की-सी आवाज़ निकालना, 2 to ~ **at** (food etc) से घृणा करना

kedge केॅज *vt* & *i* & *n* 1 (छोटे लंगर से बंधे रस्से को चर्ख़ी पर लपेटते हुए) जहाज़ का रुख बदलना, जहाज़ को फेरना या मोड़ना, 2 *vi* (जहाज़ का) फिरना, मुड़ना; *n* ~ (**-anchor**) (जहाज़ को मोड़ने का) छोटा लंगर, लोथारी लंगर

keel कील *n* & *vt* 1 जहाज़ में सब से निचला आधारभूत शहतीर जिस पर जहाज़ का ढांचा बनाया जाता है; (लोहे के जहाज़ में) लोहे की पट्टियों को जोड़ कर बनाया हुआ तला, जहाज़ का तला, नौ-तल; **false** ~ (मुख्य तले के बचाव के लिए उसके नीचे जोड़ा गया) अतिरिक्त तला, 2 *poet* जहाज़, पोत; *vt* (जहाज़ को) औंधा करना, उलटाना; **to ~-haul** *vt* 1 (नाविक को दण्ड देने के लिए उसे) जहाज़ के सब से निचले कमरे में उतार देना, 2 बहुत डांटना

keelson (see kelson)

keen कीन *a* 1 (of knife etc) तीक्ष्ण, तीखा, तेज़ या पैनी धार वाला, तेज़, नुकीला; (of edge etc) तीक्ष्ण, तेज़, पैना आदि, 2 (of person) उत्सुक, इच्छुक, उत्साही, लगन वाला, सरगर्म, जोशीला; (*colloq*) to be ~ **on** sth, **on doing** sth किसी चीज़ या बात या काम के लिए बहुत उत्सुक होना; **to be ~ as mustard** बहुत उत्साही या जोशीला होना, 3 (of mind) बात की तह तक पहुंचने वाला, कुशाग्र; (of eyes, sight, smell) तेज़, तीक्ष्ण, 4 *comb:* ~ **appetite** तेज़ भूख; ~ **cold** कड़ी या कड़ाके की या सख़्त सर्दी, ~ **competition** ज़बरदस्त मुकाबला, भीषण प्रतियोगिता; ~ **desire** उत्कट, तीव्र, प्रबल, ज़बरदस्त (इच्छा, अभिलाषा); ~ **interest** गहरी रुचि या दिलचस्पी, ~ **pain** ज़ोर का या ज़बरदस्त दर्द, तीव्र पीड़ा; ~ **pleasure** बड़ा मज़ा, बड़ा आनन्द; ~ **satire** तीखा, चुभने वाला, मर्मवेधी (व्यंग्य), ~ wind तेज़ हवा, प्रचण्ड पवन

keenness *n* 1 तीक्ष्णता, तीखापन, 2 उत्सुकता, उत्साह, जोश, प्रबल इच्छा, उत्कट अभिलाषा [~ on doing sth], 3 (of mind) कुशाग्रता

keep^{1} कीप *vt* & *i* I *vt* 1 रखना [Where do you ~ the money ?], अपने पास रखना, you may ~ the change रेज़गारी अपने पास रख लो; (*colloq*) **you can keep it** (जो चीज़ दे रहे हो उसकी मुझे ज़रुरत नहीं है) इसे अपने ही पास रखो; पालना [to ~ bees, cows, sheep, etc] पालन करना, [He has a family to ~], 2 निभाना, पालन करना, **to ~ a promise** वायदा निभाना, वचन का पालन करना, **to ~ an appointment** मिलने का वादा पूरा करना (also, see appointment), 3 **to keep one's balance** सन्तुलन न खोना (also see balance^{1}, 7), 4 मनाना, to ~ a festival त्योहार मनाना, [to ~ Christmas in the old style]; **to ~ a fast** व्रत रखना, रोज़ा रखना, अनशन करना, 5 बचाना,

God keep you! ईश्वर तुम्हें बचाये !, 6 to ~ a woman रखैल रखना, 7 रोक रखना, देर करवाना, [Don't let me ~ you !]; II *vi* 1 रहना, विशेष स्थिति या दशा में रहना, to ~ standing, smiling, quiet... खड़े, हँसते, चुप, रहना; to ~ doing sth कोई काम करते रहना, **How are you keeping ?** आपका स्वास्थ्य कैसा है ? 2 (of food) ठीक रहना, खराब न होना, न बिगड़ना [This butter will ~ for ten days]; III (*vt* & *i* with *prepp* and *advv*) 1 to ~ at sth लगातार करते रहना [to ~ at work], (*colloq*) **Keep at it** बराबर परिश्रम करते आओ, 2 to ~ **away (from)** दूर या अलग रखना या रहना; 3 to ~ **back** (i) छिपाना, गुप्त रखना, [to ~ **back** sth **from** s.o.], (ii) रोकना, रोके रखना [to ~ **back** the enemy, crowd, etc]; (iii) पीछे रहना, अलग रहना, शामिल न होना; 4 to ~ s.o., sth, **down** उठने न देना, दबा देना; to ~ prices down कीमतें बढ़ने न देना; 5 to ~ **from** sth, **from doing** sth (किसी को) रोकना, मना करना, बाज़ रखना, (स्वयं) न करना, परहेज़ करना, दूर रहना; 6 **to keep in touch** संपर्क में रहना, ख़बर रखना, 7 **to keep in with** s.o. किसी के साथ अच्छे संबंध रखना, मित्रता या मेलजोल बनाये रखना; 8 to ~ s.o., sth, **off** दूर रखना, हटाना [to ~ off flies etc.], दूर रहना, मेल-जेल न रखना, 9 to ~ **on doing** sth करते रहना या जाना [He kept on shouting, working, etc]; 10 to ~ **out** (i) अन्दर न आने देना, दूर रखना [to ~ s o. out]; to ~ out the cold सर्दी न लगने देना, सर्दी से बचना, (ii) अधिकार या कब्ज़ा न करने देना, (iii) to ~ **out of a quarrel** झगड़े में न पड़ना; **to keep out of way** जानबूझ कर अनुपस्थित रहना, किसी से दूर रहना या बचना; 11 to ~ **to** (i) लगे रहना, डटे रहना, (ii) पालन करना [Keep to your word]; न बहकना, इधर उधर न जाना [The speaker kept to his subject]; **to ~ to the left** बाय हाथ रहना या चलना; (iii) **to keep (oneself) to oneself** किसी से मेल-जोल न रखना; अपने में मस्त रहना, 12 to ~ **together** (औरों को) संगठित या इकट्ठा रखना; (स्वयं) संगठित रहना, 13 to ~ **under** काबू में रखना, 14 (i) to ~ **up** (one's spirits, prices, etc) हिम्मत न हारना, कीमतें न गिरने देना; (ii) (*colloq*) **Keep it up!** ऐसा ही करते रहो, यही स्थिति बनाये रखो; इसी तरह चलते जाओ; (iii) **to keep up appearances** बाहरी रूप बनाये रखना, ऊपरी ठाट-बाट बनाये रखना (also see appearance, 5), (iv) **to keep up with s.o.** किसी के साथ-साथ चलना, किसी के बराबर रहना, पीछे न रह जाना, (*colloq*) **to keep up with the times** ज़माने के साथ चलना, IV *misc idioms* : 1 to ~ **body and soul together** भूखों मरने से बचना, प्राण बचाना, जीवित रहना, 2 to ~ company **with** s.o. किसी का साथ देना, किसी के साथ रहना, 3 **to keep one's own counsel** अपना इरादा या अपने मन की बात किसी को न बताना (also see counsel^1); 4 **to ~** *s.o.* **in the dark** किसी से कोई बात छिपाना, 5 **to keep an eye on** s.o. किसी पर नज़र या निगाह रखना, 6 **to ~ one's head above water** (वि॰ आर्थिक) कठिनाइयों से बचना, ऋणग्रस्त न होना; 7 **to ~ good hours** (रात को प्राय:) जल्दी घर लौटना या जल्दी सोना, 8 **to ~ the house, one's room, one's bed,** etc घर या कमरे में, बिस्तर पर, रहना; बाहर न निकलना, 9 **to ~ house** घर का प्रबंध चलाना, घर-बार संभालना, 10 **to ~ pace with** के साथ-साथ चलना, से कदम मिलाना, के बराबर रहना; 11 **to ~ the peace** लड़ाई-झगड़ा या दंगा-फ़साद न करना, शांति भंग न करना; 12 **to keep track of** s.o., sth पीछा करना, आँखों से ओझल न होने देना, (घटनाओं या स्थिति का) पता रखना, 13 **to ~ watch** रखवाली करना, पहरा देना; **to ~ watch and ward** रखवाली करना, पहरा देना, 14 **to keep the wolf from the door** घोर द्ररिद्रता से बचना, भूखों मरने से बचना

keep^2 *n* 1 *hist* किला, गढ़ी, अन्तर्कोट, 2 निर्वाह, गुज़ारा, जीविका, 3 पालन-पोषण, (पालन-पोषण के लिए आवश्यक) भोजन, खुराक; खाने-पाने का ख़र्चा [to earn one's keep]; 4 **For ~s** (*colloq*) हमेशा के लिये

keeper कीपर *n* 1 रखवाली करने वाला, रखवाला, रक्षक [park ~], 2 शिकारगाह का रक्षक, 3 *arch* पागल का परिचारक, 4 अंगूठी को गिरने से बचाने वाला छल्ला

keeping कीपिङ्ग *n* 1 निगरानी, देखभाल, रखवाली, संरक्षण, **in safe ~** भली भांति सुरक्षित, **in his~** उस के संरक्षण में, 2 अनुकूलता, अनुरूपता, अनुसरण, **in keeping with** के अनुसार या अनुरूप [His actions are not in ~ with his promises]; **out of keeping with** के प्रतिकूल या विपरीत

keepsake कीप्सेक *a* स्मरणार्थ दी हुई या रखी हुई वस्तु, स्मरणोपहार, स्मृतिचिन्ह, यादगार, निशानी

keg कॅग *n* छोटा पीपा (प्राय: दस गैलन से कम का)

kelp कॅल्प *n* 1 (कई प्रकार की) लंबी समुद्री घास, 2 (इसके जलाने से प्राप्त) सज्जी, खार

kelpie कॅल्पि *n* (Sc.) अश्वाकार जल-प्रेत (जिसे यात्रियों को डुबाने में मज़ा आता है)

kelson कॅल्सन, **keelson** कील्सन *n* जहाज़ के पेटे की बल्लियों को तले से जोड़ने वाली बल्ली या

बल्लियां, सबर-बल्ली, मरिया

Kelt *n* = celt

kemp कें‍म्प *n* मोटी या घटिया ऊन

ken^1 कें‍न *n* दृष्टि या जानकारी की सीमा या क्षेत्र, **in, within, s.o.'s ken** किसी की जानकारी में, किसी को विदित; **beyond, out of, s.o.'s ken** किसी को अज्ञात या अविदित

ken^2 *vt* (Sc.) जानना, पहचानना

kennel^1 कें‍नल *n & vt & i* 1 शिकारी या गृह-रक्षक कुत्तो का घर, कुत्ता-घर, कुक्कुरशाला, 2 मामूली घर या मकान, झोंपड़ी, मड़ैया; *vt & i* कुत्ता-घर में रखना या रहना या जाना

kennel^2 *n* मोरी, नाली

kenosis किनोसिस *n* (*theol*) (मानव शरीर धारण करते समय ईसा द्वारा) देवत्व का आंशिक त्याग, दिव्यत्वत्याग

kentledge कें‍न्ट्लिज *n* (*naut*) (जहाज़ को स्थिर रखने के लिए सब से निचले कमरे में रखा रहने वाला भारी) लोह-खंड

kerb कर्ब *n* 1 (पत्थरों का बना हुआ) पटरी का किनारा, **kerb-stone** पटरी के किनारे का (कोई एक) पत्थर, कोर-पत्थर **2,** *St. Ex* (*sl*) सड़क, पटरी, अधिकृत शेयर-बाज़ार से भिन्न स्थान, **~-stone broker** दलाल जो (शेयरों का क्रय-विक्रय करने वाले) दलाल-मंडल का सदस्य न हो, **kerb-market** (i) शेयर बाज़ार बन्द होने के बाद (शेयरों का) क्रय-विक्रय; ऐसे क्रय-विक्रय का स्थान, कर्ब-बाज़ार, (ii) ऐसे शेयरों का क्रय-विक्रय जो शेयर-बाज़ार में नहीं मिलते, ऐसे क्रय-विक्रय का स्थान; **kerb market rates** शेयर-बाज़ार बन्द होने के बाद के भाव, बन्द बाज़ार के भाव; **~ weight** खाली मोटर-कार का भार

kerf कर्फ़ *n* 1 (आरे आदि से काट कर बनाया गया) चीर, दरार, खांचा, 2 (काटे गये) पेड़ का कटा हुआ सिरा

kermese कर्मिज़ *n* 1 (दक्षिण यूरोप के शाहबलूत पर पलने वाली मादा) कीट, 2 (इनके सुखाये हुए मृत-शरीरों से बनने वाला) लाल रंग, किरमिजी रंग

kernel कर्नल *n* 1 (बादाम आदि की) गिरी, मींगी, मग़ज़, 2 (गेहूं आदि का) दाना, 3 केन्द्र, मूल; *fig* तत्त्व, असल बात, सार, सारांश, महत्त्वपूर्ण अंश, the ~ of the matter असल मामला

kerosene कें‍र-सीन *n* मिट्टी का तेल

kestrel कें‍स्ट्रल *n* एक प्रकार का छोटा शिकरा, छोटे शिकरे की जाति

ketch कें‍च *n* दो मस्तूलों वाला जहाज़, केच

ketchup कें‍चप *n* (खुम्बी, टमाटर आदि के रस से बनी) चटनी

kettle कें‍टल *n* 1 केतली, 2 (*colloq*) **Here's a (pretty) kettle of fish !** बड़ी विकट स्थिति या परिस्थिति है ! बड़ा टेढ़ा मामला है ! 3 *comb*: **~drum** नगाड़ा, धौंसा

key^1 की *n* 1 कुंजी, चाबी, चाभी, ताली; **to get, have, the key of the street** रात भर के लिए बाहर निकाल दिया जाना या या बाहर रहना, बेघर होना, 2 **master key** हर ताले में लगने वाली कुंजी, **golden** (*or* **silver**) **key** घूस के रूप में दिया गया धन; रिश्वत; 4 वह स्थान जिस पर अधिकार कर लेने से उसके आगे के प्रदेश या समुद्र पर अधिकार किया जा सके, कुंजी [Gibraltar is the key to the Mediterranean Sea]; 5 (ग्रन्थ की) व्याख्या, टीका, भाष्य, अनुवाद, कुंजी, 6 गणित के प्रश्नों का हल बताने वाली पुस्तक, कुंजी, 7 (*mus*) स्वर-विशेष पर आधारित स्वरों का समुदाय, स्वर-संघात; *fig* (i) बोलने का ढंग, लहजा, स्वर, **to speak in a high key** ऊंचे स्वर में बोलना, (ii) (कथन की) शैली, विचार-शैली; 8 **key-note** **स्वर-समुदाय का** मूल-स्वर; मुख्य विचार [~-note of a discourse], 9 (बाजे का) पर्दा, परदा, कुंजी (जिस के दबाने से स्वर निकलता है), 10 (टाइपराइटर की) कुंजी, 11 (घड़ी की) चाभी, 12 *attrib*: **key city** प्रमुख नगर, **key industry** अन्य उद्योगों के लिए आवश्यक उद्योग, मूल उद्योग, 13 *comb*: **keyboard** (i) प्यानो के परदों का पटल, परदा-पट्टी, (ii) (in hotel) चाभियां लटकाने का फट्टा या तख़्ता, कुंजी-पटल, **keyhole** ताले में चाबी लगाने का छिद्र, कुंजी खांचा; **key man** संस्था का अत्यावश्यक या आधारभूत व्यक्ति; **key money** नये किरायेदार को चाबी देने से पहले लिया गया धन, पगड़ी, **key-ring**, चाभियों का छल्ला, **keystone** (i) मेहराब की चोटी, पत्थर (ii) (*fig*) मूल सिद्धांत, **keyword** बीजलेख को पढ़ने के लिए कुंजी-रूप शब्द, संकेत शब्द

key^2 *vt* 1 (कील, काबले आदि से) जकड़ना, कसना, 2 *mus* तारों को कसना, सुर मिलाना, 3 उत्साह या जोश भरना, प्रोत्साहित करना [to ~ s.o. **up to do sth, for** sth, **to a** state of excitement etc]

key^3 *n* टापू (जो पानी की सतह से थोड़ा ही ऊंचा हो या लगभग जलमग्न हो)

khaki *n* खाकी (वि॰ सैनिको की वर्दी के लिए) दुसूती की बुनाई का (सूती या ऊनी) खाकी कपड़ा, to get into ~ सेना में भर्ती होना

kibble^1 किबल *n* (खान से कोयला निकलने का) डोल

kibble^1 *vt* (गेहूं आदि) मोटा पीसना

kibe काइब *n* सर्दी से होने वाली व्रणयुक्त बिवाई (वि॰ एड़ी पर); to treade on s.o.'s ~s किसी का दिल दुखाना

kick किक *n* 1 (of horse etc) दुलत्ती, 2 ठोकर धक्का, मार, **to receive more ~s than half-pence** धक्के अधिक और प्यार कम मिलना, 3 *colloq* विरोध या जवाबी कार्यवाही करने की शक्ति, दम [(He) has no ~ left in him], 4 (*colloq*) A drink with a ~ in it, हिम्मत बंधाने वाला पेय; 5 (बन्दूक चलने पर लगने वाला) धक्का, झटका, 6 *comb*: **kick-start(er)** मोटर-साइकल का वह पुर्ज़ा जिसे ठोकर मारने से इंजन चलने लगता है, किक

kick^{2} *vi* & *t* 1 लात मारना या चलाना, (of horse etc.) दुलत्ती मारना; **alive and kicking** (*colloq*) जोश से भरा हुआ, फुर्ती से काम करता हुआ, 2 अरुचि या घृणा या नापसंदगी व्यक्त करना [to ~ **against, at,** sth]; 3 *vt* (किसी पर) पादप्रहार करना, (किसी को) लात मारना, ठोकर मारना धक्का देना, **to ~ s.o. about** *or* **around** किसी के साथ दुर्व्यवहार करना, लात मारना, 4 **to ~ s.o. out, downstairs** किसी को अपमानपूर्वक निकाल देना, **to ~ s.o. upstairs** (*fig*) किसी को एक पद से हटाने के लिए उस से ऊंचा पद दे देना, 5 **to ~ the bucket** (*sl*) मर जाना, प्राण छोड़ना, 6 (football) to kick the ball फुटबाल को ठोकर मारना, **to** kick **a** goal गोल करना, 7 **to ~ off** (i) किसी चीज को ठोकर मार कर उछालना, (ii) (फुटबाल को पहली ठोकर मार कर) खेल शुरू करना; **kick-off** *n* खेल का आरंभ, 8 to ~ up a noise, row etc. शोर मचाना, झगड़ा करना

kid^{1} किड *n* 1 बकरी का बच्चा, मेमना, 2 मेमने का चमड़ा (जिससे दस्ताने, जूते आदि बनते हैं), 3 *sl* बच्चा, शिशु

kid^{2} *vt* (-dd-) & *n* (*sl*) 1 बहकाना, झांसा देना, चकमा देना [Don't ~ me], 2 चिढ़ाना, छेड़ना, *n* बहकावा, झांसा, चकमा, धोखा

kid^{3} *n* (*naut*) कठौता, बड़ा कटोरा, चिलमची (also **mess-~**)

kiddle किडल *n* 1 नदी में लगाया गया जंगला (जिसमें मछली पकड़ने के जाल लगे रहते हैं), 2 (समुद्र-तट पर डंडों की पंक्ति पर लटकाये गये) मछली पकड़ने के जाल

kidnap किड्नैप *vt* (-*pp*-) (बच्चे या वयस्क का) हरण या अपहरण करना, बलपूर्वक उठा ले जाना

kidney किड्नि *n* 1 गुर्दा, **artifical ~** ख़राब गुर्दे की जगह काम करने का यन्त्र, कृत्रिम गुर्दा 2 स्वभाव, प्रकृति, मिज़ाज [two people of the same ~], 3 *comb*: **~ bean** मोठ, **~ machine** = artificial ~ (see above)

kill किल *vt* 1 मारना, मार डालना, वध करना, हत्या करना, कत्ल करना, to ~ off किसी (प्राय: बहुत-सों को) मार कर पिंड छुड़ाना या छुटकार पाना; **to kill two birds with one stone** एक पंथ दो काज, **to ~ s.o. with kindness** अति दया या झूठी दया दिखा कर किसी को हानि पहुंचाना, 2 (of disease, grief, etc) प्राण लेना, जान लेना, ख़तम करना, 3 प्रभाव नष्ट करना, निष्प्रभाव करना, बेअसर करना, दबाना [to ~ colour, sound, etc.], 4 *misc*: to ~ a plant पौधे को मारना या नष्ट करना; to ~ **feelings** भावनाओं को दबाना, ख़तम करना, शान्त करना; **to kill time** यों ही समय बिताना, समय काटना, (*Parl*) **to kill a bill** विधेयक को बिलकुल अस्वीकार कर देना, 5 *comb*: **kill-joy** *n* रंग में भंग करने वाला व्यक्ति; मनहूस आदमी; **kill-joy countenance,** मनहूस चेहरा, **kill-time** *a* & *n* समय काटने के लिए किया जाने वाला (काम या व्यवसाय)

kill^{2} *n* 1 (पशु का) शिकार, वध, हत्या, 2 मारा गया पशु, शिकार

killer किलर *n* 1 मारने वाला, वधिक, हत्यारा, कातिल, 2 नाशक, **vermin-~** कीट-नाशक

killing *n* & *a* 1 वध, हत्या, संहार, (पशुओं का) शिकार, 2 *fig* भारी सफलता (वि० रुपया कमाने में) **to make a killing** भारी वित्तीय सफलता प्राप्त करना, *a* (*colloq*) बेहद सुन्दर; अत्यन्त मनोरंजक

killick किलिक *n* छोटे जहाज के लिए लंगर का काम देने वाला पत्थर, पत्थर का लंगर

kiln किल्न *n* भट्ठी, (मिट्टी के बरतन, ईंटें, आदि पकाने का) भट्ठा, पजावा [brick-~], चूने या कोयले का भट्ठा [lime-~, charcoal-~]

kilo किलो in *comb*: हज़ार, सहस्र; **kilogram(me)** किल-ग्रैम *n* किलोग्राम, एक सेर से कुछ अधिक की तौल, **kilometre** किल-मीटर *n* किलोमीटर (लगभग 5/8 मील = 3280.89 फ़ुट)

kilowatt किल-वॉट *n* बिजली की मात्रा-विशेष, हज़ार वाट, किलोवाट = 1.34 अश्वशक्ति; **~ hour** एक किलोवाट ऊर्जा के एक घंटे तक खर्च होते रहने की कुल मात्रा, किलोवाट घंटा

kilt किल्ट *n* & *vt* (पहाड़ी लोगों का) छोटा लहंगा या घाघरा; *vt* घाघरे को ऊँचा करके कमर के इर्द-गिर्द लपेटना [to ~ **(up)** one's skirts]

kimono किमोनो *n* जपानी चोग़ा, किमोनो

kin किन *n* 1 कुल, ख़ानदान, घराना, **2 of kin** (i) सजातीय, संबंधी, रिश्तेदार, [to be **of kin** to s.o.]; **next of kin** निकटतम संबंधी, (ii) *fig* संबंधित, सदृश, मिलता-जुलता

kind^{1} काइन्ड *n* 1 जाति [the human ~], 2 प्रकार, भाँति, किस्म, तरह; **something of the kind** इसी तरह की कोई चीज या बात, **nothing of the kind** ऐसी कोई बात नहीं है; (*colloq*) **These kind of men** (= men of this kind) इस तरह के लोग; **difference in ~** प्रकारभेद, भिन्न प्रकार का होना, और तरह का होना, 3 चीज़, वस्तु, अनाज, जिन्स, **payment in ~** जिन्स के रूप में अदायगी; (*fig*) **to repay s.o. in ~** जैसे को तैसा [I'll repay his insolence in ~]

kind^{2} *a* 1 दयालु, दयावान, कृपालु, मेहरबान, भला, अच्छा, to be ~ **to s.o.** किसी पर दया या

कृपा या मेहरबानी करना; It is very kind of you आप की बड़ी कृपा है; Be so kind as to... कृपा करके, कृपया, 2 ~-**hearted** सहृदय, दयालु; **kindness** *n* दया, कृपा, दयालुता, कृपालुता, मेहरबानी

kindergarten किन्डर्गार्टन *n* छोटे बच्चों (को खेल-खिलौनों से शिक्षा देने) का स्कूल, बाल-विहार

kindle किन्डल *vt* & *i* 1 (किसी चीज़ में) आग लगाना, (आग) सुलगाना, जलाना, (ज्वाला) प्रज्वलित करना, प्रदीप्त करना [to ~ a subtance, fire, flame, etc],2 *fig* (काम, क्रोध आदि भावनाओं को) जगाना, भड़काना, उद्दीप्त करना, (व्यक्ति को) उत्तेजित करना, प्रोत्साहित करना, उत्साह या उमंग आदि पैदा करना [to ~ the zeal], 3 *vi* सुलगना, जलना, भड़कना, धधकना चमक उठना, उत्तेजित होना

kindliness *n* 1 दयालुता, सहृदयता, सज्जनता, 2 (of climate) अनुकूलता, सुखदता

kindly^{1} काइन्ड्लि *a*1दयालु, कृपालु, सहृदय, 2 (of climate) अच्छा, सुहावना, सुखद, अनुकूल

kindly^{2} *adv* कृपया, कृपा कर के

kindred किन्ड्रिड *n* & *a* 1 खून का रिश्ता, सगोत्रता,सजातीयता,निकट संबंध,2 *fig*(स्वभाव,गुण, आदि की) समानता, सादृश्य, 3 *collect* संबंधी, रिश्तेदार, भाई-बन्धु, बन्धु-बान्धव, ज्ञातिवर्ग [Some of his ~ are still living in Pakistan], *a* 1 निकट-संबंधी, सगोत्र, सजातीय, 2 *fig* संबंधित, समान उद्भव वाला, समान, सदृश, मिलता-जुलता [Sanskrit and Latin are ~ languages]

kine काइन (see cow)

kinematic काइनिमैटिक *a* शुद्धगति का, शुद्धगतिक, ~s (*n pl*) बल और द्रव्यमान से निरपेक्ष गति का विज्ञान, शुद्ध गति-विज्ञान, शुद्धगतिकी

kinematograph, ~**ic**, ~y=cinematograph etc

kinetic काइनेटिक *a* गति का, गति-संबंधी, गतिक; गति से पैदा होने वाला, गतिज [~ energy] ~s (*n pl*) बल और गति के संबंध का विज्ञान, बल-गति विज्ञान, बलगतिकी

king किङ्ग *n* 1 राजा, नरेश, शाह, बादशाह, 2 बहुत बड़ा व्यापारी या सौदागर, व्यापारियों का राजा [oil ~, fur ~], 3 **king of beasts** जानवरों का राजा, मृगराज, सिंह,~ **of birds** उकाब, 4 किसी प्रकार की वस्तुओं में उत्कृष्ट, ~ of fruits फलों का राजा, 5 (chess, cards) शाह, बादशाह, 6 *comb*: ~**bolt** बड़ा काबला, कीली, केन्द्र-कीलक, धुरी, ~**fisher** मछली खाने वाला छोटा पक्षी जिस की चोंच लंबी और पंख चमकीले होते हैं, कौड़िल्ला, किलकिला, **king-maker** राजगद्दी या सिंहासन दिलाने वाला; **kingpin** = king-bolt (see above); *fig* व्यक्ति या वस्तु जिसके बिना काम न चले; मुख्य कार्यकर्ता; आधारभूत या मुख्य या आवश्यक वस्तु

kingdom *n* 1 राज्य, 2 *biol* जगत्, सृष्टि, animal ~ प्राणि-जगत्, vegetable ~ वनस्पति-जगत्

kink किङ्क *n* & *vi* & *t* 1 (जंजीर या रस्सी या नली का) मरोड़ (जिसमें रुकावट पैदा होने की संभावना हो),ऐंठन, बल, ख़म, 2 *fig* सनक, वहम, झक; *vi* ऐंठना, बल पड़ना, बल खाना, [This plastic tube ~s easily], *vt* बल देना, मरोड़ना

kinkajou किङ्कजू *n* भालू से मिलता-जुलता जानवर जो रात में शिकार पर निकलता है

kino कीनो *n* कई पेड़ों की गोंद जो दवा में पड़ती है

kinsfolk किन्ज़्फ़ोक *n pl* (*liter*) वे लोग जिनके साथ खून का रिश्ता हो, सगे संबंधी, स्वजन, भाई-बन्धु, जातिवर्ग

kinship किन्शिप *n* 1 खून का रिश्ता, बन्धुत्व, बन्धुता, सगोत्रता, 2(गुण, स्वभाव आदि में)समानता, सादृश्य

kinsman किन्ज़्मन *n* सगा संबंधी, रिश्तेदार, नातेदार, स्वजन, बंधु

kiosk की-ऑस्क *n* 1 (तुर्की और ईरान में) खुले में बठने के लिए सजावटी इमारत, मंडप, छतरी, 2 (फ्रांस और बैल्जियम में) समाचार-पत्र बेचने के लिए चबूतरा, मंच

kipper किपर *n* & *vt* नमक और काली मिर्च लगा कर और सुखाकर सुरक्षित की हुई सामन (salmon), हैरिंग (herring) आदि मछली; *vt* (मछली को नमक और काली मिर्च लगा कर) सुखाना, सुरक्षित करना

kirk कर्क *n* (Sc.) गिरजा, गिरजा-घर, ~**yard** कब्रिस्तान

kiss^{1} किस *n* 1 चुंबन, चुम्मा, 2 (billiards) गतिशील गेंदों की टक्कर, 3 ~ **of death** मित्रता की आड़ में घातक शत्रुता, ~ **of life** रुद्धश्वास व्यक्ति का श्वास चालू करने के लिए उसके मुंह में अपने मुंह की हवा भरना, कृत्रिम श्वसन-क्रिया

kiss^{2} *vt* & *i*1चूमना, चुम्मा लेना, 2 *abs* (of two persons) to ~ and be friends फिर मेल या मित्रता करना, 3 **to kiss the dust** (i) मारा जाना, (ii) अपमानपूर्वक अधीनता स्वीकार करना, ज़लील होना, 4 **to ~ the ground** दण्डवत् करना, *fig* ज़लील होना, **to kiss the rod** दण्ड को सहर्ष या निर्विरोध स्वीकार करना; *vi* (of billiard balls) आपस में टकरा जाना

kit^{1} किट *n* 1(सैनिक यात्री आदि का)थैला, झोला, 2 (थैले में रखा हुआ) सामान, सफ़री सामान, 3 (मोची आदि कारीगर के)औज़ार, साज़-सामान, उपकरण [cobbler's, plumber's, ~; gardening, shooting, ~], 4 (विशेष काम या अवसर के लिए) पोशाक [riding ~],5 कठोता

kit^{2} *n abbr* of kitten

kit-cat किट्-कैट *n* ~ (**portrait**) हाथ समेत धड़ का चित्र

kitchen किचिन *n* 1 रसोई, रसोईघर, बावर्चीख़ाना पाकशाला, 2 *comb:* ~ **cabinet** (**i**) रसोई की अलमारी, (**ii**) (शासनाध्यक्ष के विश्वस्त) ग़ैर-सरकारी सलाहकार; ~-**garden** साग-सब्जी उगाने का बगीचा, सागबाड़ी, शाकवाटिका; ~**stuff** रसोई का सामान (वि० साग-सब्ज़ी)

kitchener किचिनर *n* 1 रसोईघर के चूल्हे, 2 (ईसाई) मठ का रसोइया

kitchenette किचिनेॅट *n* छोटी रसोई

kite काइट *n* 1 चील, **2** बहुत लालची आदमी, लुटेरा, ठग, 3 पतंग, कनकोआ, गुड्डा, **to fly a kite** (i) पतंग उड़ाना, (**ii**) *fig* जनमत जांचने या जानने की तरकीब करना, 4 in *pl* जहाज़ के सब से ऊँचे पाल (जो मन्द हवा में ही खोले जाते हैं)

kith^{1} किथ *n.* ~ **and kin** दोस्त और रिश्तेदार, मित्र और संबंधी, आत्मीयजन, स्वजन

kitten किटन *n* **1** बिल्ली का बच्चा, बिलौटा, **2** चंचल युवती, नखरेबाज़ छोकरी, **3 to have** ~**s** (*colloq*) बहुत घबरा जाना; ~**ish** *a* (of girl) नख़रेबाज़, चंचल

kittiwake किटिवेक *n* छोटी समुद्री मुर्गाबी

kittle किटल *a* जिसके साथ बरतना कठिन हों, तुनक-मिज़ाज, टेढ़ा, ~ **cattle** तुनक-मिजाज या टेढ़े लोग; टेढ़ी चीज़ें (जिन्हें काम में लाना कठिन हो)

kitty किटि *n* **1** बिलौटे (को प्यार से बुलाने) का नाम, **2** *dim* of Catherine, **3** (कई व्यक्तियों का) संयुक्त कोष

kiwi कीवी *n* न्यूज़ीलैंड का पक्षी (जिसके पंख बहुत छोटे होते हैं और पूंछ नहीं होती), कीवी

kleptomania क्लेॅप्टमेनिअ *n* बिना ज़रूरत चीज़ें उठा लेने की आदत, अकारण चोरी की प्रवृत्ति, उठाईगीरी की सनक, चौर्योन्माद, ~**c** *n* व्यक्ति जिसे उठाईगीरी की सनक हो, चौर्योन्मादी

knack नैक *n* 1 कोई काम चतुराई से करने का गुण, ख़ास तरकीब, अटकल, युक्ति, ढब, ढंग [**to have the** ~ **of doing sth**], **2** (काम करने, बात कहने की) स्वाभाविक योग्यता [He has a happy ~ of saying the right thing]

knacker नैकर *n* **1** बेकार घोड़ों को ख़रीदने और मारने वाला, घोड़-कसाई, **2** पुराने मकान, जहाज़ आदि खरीद कर उनमें से काम की चीजें निकाल लेने वाला, कबाड़ी

knag नैग *n* **1** (लकड़ी की) गांठ ;**2** खूंटी; **knaggy** *a* गाँठदार

knap नैप *vt* (सड़क के लिए पत्थर) तोड़ना

knapsack नैप्-सैक *n* (सैनिक या यात्री का) पीठ पर बाँधने का किरमिच या कपड़े का थैला

knar नार *n* (लकड़ी की) गाँठ, (पेड़ के तने पर का) उभार; ~**red** *a* गांठदार

knave नेव *n* बदमाश, धोखेबाज़ बेईमान; धूर्त; ~**ry** *n* बदमाशी, धूर्तता, **knavish** *a* **1** बदमाश, धूर्त, बेईमान, **2** बदमाशी का, धूर्तता का, **knavish trick** बदमाशी, धूर्तता, धोखा, ठगी

knead नीड *vt* **1** (आटा, मिट्टी आदि) गूंधना, मांडना, सानना, **2** *fig* मिलाना, मिलाकर एक करना, **3** *med* (मांस-पेशियों को) दबाना और मर्दन करना, मालिश करना

kneading नीडिङ्ग *n* **1** गूंधना, गुंधाई, **2** मालिश, **3** ~-trough परात, कठौत, कठौती

knee^{1} नी *n* **1** घुटना, जानु, **2 on one's knees; on bended** ~(s) (विनती या प्रार्थना या उपासना करने के लिए) घुटने टेके हुए, **to go down on one's** ~**s** घुटने टेकना, घुटनों के बल बैठना, **to bring s.o. to his** ~**s** किसी को आत्मसमर्पण करने या अधीनता स्वीकार करने के लिए बाध्य करना, हराना, परास्त करना, The future is **on the** ~**s of the gods** भविष्य अनिश्चित है; **3** वस्तु जिसका आकार या प्रयोजन घुटने का-सा हो. विशेषत: लकड़ी या लोहे का कोनिया टुकड़ा, कब्ज़ा **4** *comb*: ~-**cap** घुटने की हड्डी, जानुफलक, ~-**deep** *a* & *adv* घुटनों तक (गहरा) [The water is ~-deep], ~-**joint** (i) घुटने का जोड़, (ii) कब्जे से जुड़े हुए दो टुकड़ो का जोड़, (दो टुकड़ों में) कब्ज़े का जोड़

knee^{2} *vt* घुटने से स्पर्श करना, घुटना लगाना

kneed नीड *a* **weak-**~ जल्दी से घुटने टेक देने वाला, झुक जाने वाला; **weak-**~ **policy** घुटने टेक देने की नीति

kneel नील *vi* (knelt) घुटने टेकना, घुटनों के बल बैठना, (घुटनों के बल) झुकना, नत-जानु होना, to ~ **to** s.o. (अभिवादन करने के लिए) किसी के आगे नत-जानु होना, नत-जानु होकर अभिवादन करना

knell नेॅल *n* मातमी घण्टे की आवाज़, **death-knell** मृत्यु या अन्त या विनाश का सूचक घंटा, मृत्यु का घंटा, मृत्यु की सूचना [to sound, toll, the death knell of]

knickerbockers निकर्-बॉकर्ज़ *n pl* घुटनों तक की ढीली बिरजिस, निकर

knickers निकर्ज़ *n pl* **1** *colloq* निकर, **2** (औरतों का) निकर की शक्ल का जांघिया [*abbr* of prec]

knick-knack निक्-नैक *n* सुन्दर किन्तु घटिया सामान, स्वादिष्ट किन्तु निस्सार खाद्यपदार्थ, भड़कीला किन्तु घटिया कपड़ा या गहना; **knick-knackery** *n* **1** भड़कीला किन्तु घटिया होना, **2** भड़कीली किन्तु घटिया वस्तुओं का समूह

knife नाइफ़ *n* (*pl* knives) **1** चाकू, छुरी, **2 to get one's** ~ **into s.o.** किसी को हानि पहुंचाने की नीयत होना, **3 war to the** ~ भीषण युद्ध, घोर संग्राम, घोर शत्रुता; **4** (*surg*) **the knife**

चीरा, शल्यकर्म, 5 *comb*: **~-edge** चाकू या छुरी की धार, **~-grinder** चाकू-छुरी तेज़ करने वाला, सिकलीगर; **at knife point** छुरे का डर दिखा कर

knife^2 *vt* चाकू मारना, छुरी या छुरा भोंकना या घोंपना

knight^1 नाइट *n* **1** (यूरोप में) कुलीन महिला का अनुचर सूरमा जो उसकी ख़ातिर लड़ने-मरने को तैयार रहे, युद्ध-तत्पर वीर, शूरवीर, **2** नाइट (इंग्लैंड के सम्राट् द्वारा किसी व्यक्ति को राजसेवा, देशसेवा, विद्वत्ता आदि के लिए दी जाने वाली उपधि), 'सर' की उपाधि, **3** *comb*: **~-errant** (i) मध्य युगीन यूरोप का शूरवीर जो साहसिक कार्यों की तलाश में, विशेषत: आपद्ग्रस्त निर्बलों और महिलाओं की सहायता के लिए घूमता फिरता था, यायावर शूरवीर (ii) *fig* आत्मसम्मान की रक्षा के लिए या दूसरों की सहायता के लिए जान पर खेल जाने वाला, दीनबन्धु; **~-errahtry** *n* **1** साहसिक कार्यों की खोज में फिरना, साहसिक कार्यों का चाव या शौक **2** आपद्ग्रस्त लोगों की सहायता करने की प्रवृत्ति, दीनबंधुता, **~ of the road** बटमार; व्यापारिक, यात्री; आवारागर्द; **~hood** *n* नाइट या 'सर' की उपाधि, **~ly** *a* **1** साहसपूर्ण, वीरतापूर्ण, **2** दीनबन्धुता का, उदारता का

knight^2 *vt* नाइट की उपाधि प्रदान करना

knit निट *vt* & *i* (knitted *or* esp *fig* knit), **1** (जुर्राबें, बनियान आदि) बुनना, **2 to ~ one's brows** (see brow), **3** (esp *pp* पास-पास लाना या होना, सटाना या सटना, संहत करना या होना, जोड़ना या जुड़ना, बांधना या बंधना, गूंथना या गुथना [closely knit sentences], **4** *fig* विवाह से या समान हितों के आधार पर परस्पर मिलाना या मिलना, एक करना या होना, संगठित करना या होना [*often* **to ~ together**], **5 to ~ up** रफ़ू करना; **6 knitwear** बुने हुए वस्त्र

knitting *n* बुनाई, बुनावट, **~-machine** बुनने की मशीन, **~-needle** (बुनने की) सलाई

knob नॉब *n*, *vt* & *i* **1** (किसी चीज की सतह या सिरे पर का) गोलाकार उभार, गांठ, घुंडी, गूमड़ी, **2** (किवाड़ या दराज की) मूठ, लट्टू, (छड़ी आदि की) बेंट, मुठिया, **3** *sl* (चीनी, कोयले आदि का) डला, पिंड, **4** *comb*: **~-stick** (i) मूठदार छड़ी, (ii) *arch* हड़ताल के दिनों में काम करने वाला कर्मचारी, **knob** *vt* & *i* मूठ लगाना, मूठदार बनाना *vi* उभरना

knobby नॉबि *a* ग़ांठदार, गूमड़ीदार

knock^1 नॉक **1** चोट, प्रहार, आघात, ठोकर, **to get a nasty ~** सख़्त या कड़ी या करारी चोट लगना, **2** दस्तक [there was a ~ (at the door)], **3** (*crick*, *colloq*) इनिंग, पारी, पाली, बारी

knock^2 *vt* & *i* **I** *vt* **1** प्रहार या आघात करना, **2 to ~ s.o. on the head** किसी के सिर पर प्रहार कर उसे (i) बेहोश कर देना या (ii) जान से मार देना; **3 to ~ one's head against sth** (i) सिर का किसी चीज से टकरा जाना, सिर में ठोकर लगना, (ii) (प्रतिकूल परिस्थिति या बाधा का) सामना होना; **4 to ~ the bottom out of** (an argument etc) दलील को निराधार सिद्ध करना, दलील की धज्जियां उड़ाना, **II** (*vi*) to ~ at the door किवाड़ खटखटाना, (दरवाज़े पर) दस्तक देना, कुंडा खटखटाना; **III** (with *prepp*) **1** to ~ **about** (the world) निरुद्देश्य घूमना, आवारा फिरना, मारा-मारा फिरना, **2** to ~ **against** (i) टकराना, टक्कर खाना, (ii) किसी से अचानक मिलना या सामना होना, **3** to ~ **down** किसी व्यक्ति या चीज़ को धक्का दे कर या ठोकर मार कर गिराना, हराना या परास्त करना, (*at auction*) कीमत गिराना [The price of the scooter was ~ed down]; to ~ sth **down to s.o.** बोली ख़तम करते हुए कोई चीज़ किसी (बोली देने वाले) को दे देना, **4 to knock off(work)** (i) *colloq* काम बंद करना या छोड़ना, छुट्टी करना [It's time to ~ off (work)]; (ii) to ~ sth **off** the price कीमत में कुछ कमी करना [I'll ~ two rupees off the price], **5 to ~ s.o. out** (i) (boxing etc) हराना, पछाड़ना, (ii) **to ~ sth out** (वाक्य आदि से कोई शब्द) निकाल देना, काट देना, (iii) to ~ s.o.'s brains out किसी का भेजा निकाल देना, **6** to ~ **under** हार मान लेना, **7** (*crick*) to ~ **up** जल्दी-जल्दी रन करना या बनाना [He ~ed up a century]; **IV** *comb*: **knock-about** *n* आवारागर्द, *adj* knock-about life आवारागर्दी का जीवन; **knock-down blow** भयङ्कर प्रहार; *fig* भारी आघात, (*at auction*) **knock-down price** कम से कम कीमत, नीलामी कीमत; (*commerc*) विज्ञापन में दी हुई कीमत; **knock-out** *n*. & *a* **~-out (blow)** प्रतिद्वन्द्वी घूंसेबाज़ को पछाड़ देने वाला प्रहार

knocker नॉकर *n* **1** दस्तक देने वाला, **2** दरवाज़े पर कब्जे से लगा हुआ लोहे या पीतल का टुकड़ा जिससे दरवाज़ा खटखटाया जा सकता है, कुंडा, कुंडी

knoll नोल *n* छोटी पहाड़ी, टीला, ढूह, टेकरा, टेकरी

knot^1 नॉट *n* **1** (रस्सी, कपड़े आदि की) गांठ, ग्रन्थि; **to tie a ~** गांठ लगाना या बांधना; **to untie a ~** गांठ खोलना, **~ of hair** जूड़ा; **2** *naut* समुद्री या जहाज़ी मील =6080 फुट); **at the rate of ~s** (*colloq*) बड़ी तेज़ी से, **3** (प्रश्न या समस्या में) पेच, गुत्थी, कठिनाई **to tie s.o. in ~s** (*colloq*) किसी को चकरा देना; **the Gordian knot** (see Gordian); **4** (घनिष्ठ)

संबंध, गँठबंधन, गँठजोड़ [marriage-~], 5 (पेड़ या लकड़ी में) गांठ, 6 शरीर पर कोई गोल कड़ा उभार; गांठ, 7 (व्यक्तियों की) टोली, मंडली, (वस्तुओं का) समूह, झुंड [~ of person, things, trees, etc]

knot^2 *vt* (-tt-) 1 (रस्सी आदि में) गांठ लगाना, (दो रस्सियों को) गांठ लगा कर जोड़ना, बांधना [to ~ together two ropes], 2 घनिष्ठ संबंध स्थापित करना

knotty नॉटि *a* 1 (of rope, wood etc) गाँठदार, 2 (of problem etc) जटिल, पेचीदा, कठिन, दुरूह

knout नाउट *n* & *vt* 1 कोड़ा, चाबुक, कशा, 2 *vt* कोड़े लगाना, कशाघात करना

know^1 नो *vt* & *i* (knew, known) 1 जानना, पता या मालूम होना, ज्ञात या विदित होना, **to ~ s.o. by name** किसी का नाम सुना होना या पता होना, 2 पहचानना, I knew him by his gait मैं ने उसै चाल से ही पहचान लिया, 3 जानना, पहचानना, परिचय होना, 4 भेद करना, विवेक करना [to ~ good from evil], 5 **to know how करने का ढंग जानना**, 6 *idioms*: **to know one's own mind** अपनी इच्छा का पता होना; डांवांडोल न होना; He ~s his own mind वह जानता है कि वह क्या चाहता है; (ii) I ~ better (than that) मेरी जानकारी इतनी है कि मैं इस बात को नहीं मान सकता; (iii) **to know better than to do sth** इतना समझदार होना कि अमुक काम से बाज रहे [He ~s better than to do that], (iv) **to know full well** खूब जानना, (v) to know **of** s.o. किसी का पता होना, किसी का नाम सुना होना [I ~ of a good doctor]; not that I know of (यह बात) मेरी जानकारी में नहीं है, मुझे पता नहीं है; (vi) to ~ **what's what** दुनिया का यथार्थ ज्ञान होना, हर चीज़ का ठीक-ठीक पता होना, 7 *comb*: **know-how** काम करने के ढंग का ज्ञान, व्यावहारिक ज्ञान, **technical ~-how** तकनीकी ज्ञान, **know-nothing** जिसे किसी बात का पता न हो, अनजान, अनपढ़; 8 **knowable** *a* 1 जिसे जाना जा सके, ज्ञेय, 2 जिसे पहचाना जा सके, अभिज्ञेय

know^2 *n* (*colloq*) **to be in the ~** रहस्य (या प्राय: अविदित बात) का पता होना

knowing नोइङ्ग *a* & *n* जानकार, समझदार, सूक्ष्मदर्शी, पहचान करने वाला; अभिज्ञानसूचक [a ~ smile, look, etc], *n* जानकारी, पता, समझ, जानने का उपाय या साधन; **There is no knowing (how..., why...)** समझ में नहीं आता या पता नहीं कि ऐसा क्यों... कैसे... हुआ?; ~**ly** *adv* जानते हुए, जान बूझ कर

knowledge नॉलिज *n* 1 ज्ञान, बोध, जानकारी, पता, ख़बर; **it is a matter of common ~ that..** यह तो हर कोई जानता है कि . . ., **to my ~, to the best of my ~** जहां तक मैं जानता हूं, **it came to my ~** मुझे पता लगा, **not to my ~** मुझे तो (इस बात का) पता नहीं है, इसकी ख़बर नहीं है; 2 परिचय, जान-पहचान; ~**able** *a* (*colloq*) अच्छा जानकार, ख़बर रखने वाला, सुविज्ञ

knuckle नकल *n vt* & *i* 1 उंगली की गांठ, पोर; वि० अंगुलिमूल की हड्डी, अंगुलि-पर्व, गांठ, **to give s.o. a rap over the ~s** (*fig*) किसी को डांटना-फटकारना; 2 चौपाये के टख़ने की हड्डी; इस पर का मांस, 3 **~-bone** पोर की हड्डी; *vt* उंगली की हड्डियों से दबाना, रगड़ना, *vi* **to ~ down to a task etc** काम में जुट जाना; **to ~ down** *or* **under** (to s.o.) झुक जाना, दब जाना, अधीनता स्वीकार करना

knur नर *n* 1 (पेड़ के तने पर का कड़ा) उभार, गांठ, 2 कड़ा ढेला या डला या पिंड, 3 (खेल-विशेष की) कड़ी गेंद

knurl नर्ल *n* 1 (किसी चीज पर) उभरा हुआ गोल दाना, मनका, 2 = prec 2

kodak कोडैक *n* एक प्रकार का छोटा दस्ती कैमरा

kohl कोल *n* (प्राच्य देशों में) पलकों को काला करने का अंजन (*i.e.* antimony sulphide or lead sulphide)

kohlrabi कोल्राबि *n* (इंग्लैण्ड में पशुओं को खिलाने की) बन्दगोभी

kosher कोशर *n* यहूदी भोजन या भोजनालय

ko(w)tow कोटाउ *n* & *vi* आराधना या आधीनता या अति दीनता का भाव व्यक्त करने के लिए मस्तक से भूमि-स्पर्श करने की चीनी प्रथा; *vi* 1 साष्टांग प्रणाम करना, 2 तलवे चाटना [to ~ **to** s.o.]

kraft क्राफ़्ट *n*. ~ **(paper)** (चीज़ों को लपेटने के लिए) भूरे रंग का मजबूत काग़ज, बांसी काग़ज

kremlin क्रेम्लिन *n* (रूसी नगर के भीतर स्थित) किला, दुर्ग; वि० मास्को का किला जिसमें प्राचीन सम्राटों का महल भी है; **the K~** रूस-सरकार

kudos क्यूडॉस *n* (*colloq*) यश, कीर्ति, प्रतिष्ठा, विशेष सम्मान

Ku-Klux (-Klan) कू-क्लक्स-क्लैन *n* (*abbr* K.K.K.) अमरीका की हब्शी-विरोधी गुप्त संस्था (जो 1865-के युद्ध के बाद दक्षिणी राज्यों में स्थापित की गई थी), 2 महायुद्ध के बाद अमरीका में विदेशी प्रभाव को खतम करने के लिए बनी संस्था

kultur G कुल्टूर *n* (जर्मन लोगों के विचार से) सभ्यता या संस्कृति (जिसमें जातीय अहंकार और सैनिकवाद की बू हो)

kymograph काइम-ग्राफ़ *n* द्रव के दबाव (*e.g.* नब्ज़ के दबाव) की घटती-बढ़ती का रेखाचित्र बनाने का यन्त्र, तरङ्गलेखी

kyphosis काइफ़ोसिस *n* (*med*) मेरुदण्ड की बहिर्वक्रता (जिससे कमर झुक जाती है) (opp. lordosis)

L l

L, l ऍल, अंग्रेज़ी वर्णमाला का बारहवां वर्ण, L (Roman numeral) =50; *abbrs:* **l.b.w.** (leg before wicket) खिलाड़ी द्वारा पैर से गेन्द रोकना जिससे खिलाड़ी को आउट घोषित किया जाता है), **L.C.M.** (least *or* lowest common multiple) लघुतम समापवर्त्य; **Litt.D.** *or* **D. Litt.** (Literarum Doctor *or* Doctor of Literature) साहित्य का प्रकाण्ड पण्डित, साहित्याचार्य; **LL.B., LL.D., LL.M.** (Bachelor, Doctor, Master, of **Laws)** ; **L.P.G.** (liquefied petroleum gas) तरल पेट्रोलियम गैस; **L.S.D.** (librae, solidi, denarii)= pounds, shillings and pence *i.e.* money; **L.S.D.** (also called **L.S.D.-25**) =lysergic acid diethylamide चेतना को विस्तृत और इन्द्रियानुभूति को तीव्र करने तथा कभी-कभी बड़ा आनन्द अथवा विषाद पैदा करने वाला पदार्थ, चेतनाप्रसारी एवं विभ्रान्तिकर ओषध

laager लागर *n* & *vt* & *i* **1** (बैलगाड़ियों के गोलाकार घेरे में बनाया गया) शिविर; **2** *mil* **बक्तरबन्द** गाड़ियां खड़ी करने का मैदान; पार्क *vt* **1** (बैलगाड़ियों का) गोलाकार घेरा बनाना, (लोगों को) ऐसे घेरे में तंबू लगा कर ठहराना, **2** *vi* शिविर डालना, पड़ाव करना

lab लैब *abbr* of laboratory

label लेबल *n* & *vt* **1** किसी वस्तु पर लगाने का कागज़ आदि का टुकड़ा जिसपर वस्तु का संक्षिप्त विवरण, उसके मालिक का नाम, पता, गन्तव्य स्थान आदि लिखा रहता है; नाम-पत्र, नामचिप्पी, चिट, पर्ची, लेबल, **2** *fig* व्यक्ति का वर्ग, पद आदि सूचित करने वाला शब्द, पद-नाम, उपाधि; *derog* दुमछल्ला, **3** चिपकने वाला टिकट, *vt* **1** नाम-पत्र लगाना या चिपकाना, चिट या पर्ची या लेबल लगाना, निशान लगाना, **2** वर्ग-नाम या पद-नाम देना, (वस्तु का) वर्गीकरण करना, नाम देना या रखना

labial लेबिअल *a* & *n* **1** होंठों का, ओष्ठ्य, **2** होंठों को मिला कर (*e.g.* p, b, f, v, m) या गोल करके (*e.g.* w, o) उच्चारण किया जाने वाला, ओष्ठ्य, ओष्ठीय, *n* ओष्ठ्य ध्वनि या वर्ण

labiate लेबिअट *n* & *a* (*bot*) (फूल) जिसकी भीतरी या बाहरी पत्तियां दो होंठों की भांति विभक्त हों, ओष्ठी, ओष्ठाकार

labio *comb form*=होंठ का, ओष्ठ्य; **~dental** दन्तोष्ठ्य (*e.g.* f, v); **~velar** कंठोष्ठ्य (*e.g.* w)

laboratory लबॉर-टरि,-ट्रि *n* विज्ञान (वि० रसायन) के प्रयोग करने का स्थान; प्रयोगशाला; रसायन आदि बनाने का स्थान, रसायनशाला, निर्माणशाला

laborious लबॉरिअस *a* **1** परिश्रमी, मेहनती, **2** परिश्रम या मेहनत का, थका देने वाला, कठिन **3** (of style) अस्वाभाविक, प्रयत्न-कृत (see laboured 2)

labour^1 लेबर *n* **1** श्रम, परिश्रम, मेहनत; **hard labour** (कैदियो के द्वारा) कठोर श्रम (see hard) **2 labour of love** (i) अपनी रुचि का काम, स्वान्तःसुखाय किया हुआ काम, (ii) प्रिय व्यक्ति के लिए किया हुआ काम, **~-saving device** ऐसी युक्ति या साधन जिससे कम श्रम से काम हो जाये, श्रम-बचत साधन, **3** श्रमिक वर्ग, मज़दूर वर्ग, कामगार वर्ग, **L~ Exchange** मज़दूरों को रोज़गार दिलाने का दफ़्तर, श्रमिक-रोज़गार दफ़्तर; श्रमिक-नियोजनालय, **~ force** काम पर लगे श्रमिक, **~-market** श्रमिकों की मांग और पूर्ति की स्थिति, श्रमिक बाज़ार, **4** प्रसव, प्रसूति [woman in ~]; **~ pains** प्रसव-पीड़ा

labour^2 *vi* & *t* **1** श्रम करना, परिश्रम या मेहनत करना, प्रयास या प्रयत्न या कोशिश करना, कष्ट उठाना [to ~ for sth], **2 to ~ under a delusion** *or* **mistake** भ्रम में पड़ा होना, भ्रम या ग़लती का शिकार होना; **to ~ under a sense of wrong** मन में यह ख्याल बैठ जाना कि मेरे साथ अन्याय हुआ है, **3** *vt* बड़े विस्तार से कहना [I will not ~ the point]

laboured लेबर्ड *a* **1** विस्तारमय, सविस्तर, **2** प्रयासपूर्ण, प्रयत्न-कृत, जो अन्तःप्रेरणा पर आधारित न हो, कृत्रिम [~ style], **3** कष्टमय [~ breathing]

labourer लेबरर *n* श्रमिक, श्रमजीवी, मज़दूर, कामगार

laburnum लबर्नम *n* एक छोटा वृक्ष जिसपर चमकीले पीले फूलों के गुच्छे लगते हैं, लैबर्नम

labyrinth लैबरिन्थ *n* **1** भूलभुलैयां, **2** गोरखधंधा, जटिल रचना, चक्कर, फेर, घूम-घुमाव, जटिल समस्या या स्थिति, उलझन (का काम), **3** *anat* कान के अन्दर का पेचीला छिद्र, आन्तर कर्ण; **labyrinthine** *a* **1** भूलभुलैयां-जैसा, गोरखधंधा जैसा, **2** जटिल, पेचदार, पेचीदा, उलझन का

lac लैक *n* लाख, लाक्षा

lace^1 लेस **1** (बूट बांधने या कसने का) तसमा, फ़ीता, **2 gold** *or* **silver lace** किनारी, गोटा, **3** (सूती या ऊनी या रेशमी) जालीदार फ़ीता

lace^2 *vt* & *i* **1** (बूटों को) तसमे से बांधना या कसना [to ~ **(up)** one's boots *or* shoes], **2** (कमर) कसना [to lace one's waist too tightly], **3** पर गोटा-किनारी लगाना, जालीदार फ़ीता लगाना [to ~ sth **with** sth], **4** कोड़े लगाना, **5** से स्वादिष्ट एवं सुगन्धित करना [a glass of milk ~d **with** rum]; **6** *vi* to ~

into s.o. किसी को कोड़े लगाना, पीटना

lacerate लैस-रेट *vt* 1 (त्वचा, मांस आदि) चीरना, फाड़ना, विदीर्ण करना, क्षत-विक्षत करना, घायल करना, 2 पीड़ा पहुंचाना, दुःख देना, दुखाना [to ~ s.o.'s heart); **laceration** *n* विदारण

lacertian, -tine लसर्टिअन, लसर्टाइन *aa* छिपकली का, छिपकली-जैसा

laches लैचिज *n* 1 *law* कानूनी कर्तव्य का पालन करने में बेपरवाही, कर्तव्योपेक्षा, अपना अधिकार जताने या मांगने में देरी, अधिकारोपेक्षा, प्रमाद, ग़फ़लत 2 निन्दनीय उपेक्षा या बेपरवाही, अनुचित विलम्ब

lachrymal लैक्रिमल *a* & *n* आंसुओं का, आंसुओं के लिए, **~ vase** (विलाप करने वालों के) आंसू गिराने का पात्र, अश्रु-पात्र, *n* 1 = ~ vase, 2 ~s अश्रुकारी गिलटियां

lachrymation लैक्रिमेशन *n* आंसुओं का निकलना या बहना, अश्रुप्रवाह

lachrymatory लैक्रिम-टरि *a* आंसुओं का, आंसू लाने वाला, अश्रुजनक; **~shell** अश्रुजनक बम, अश्रु-बम

lachrymose लैक्रिमोस *a* आंसू बहता हुआ, रोता हुआ, बात-बात पर रोने वाला

lack^{1} लैक *n* अभाव, कमी; **for lack of** के अभाव के कारण [The plant died for ~ of water]; There is **no lack of** supporters समर्थकों की कमी नहीं है

lack^{2} *vt* & *i* 1 रहित होना, विहीन होना, (किसी में किसी बात की) कमी होना [He ~s courage, money, wisdom], 2 *vi* (*only in participial forms*) अभाव होना, न होना [Money was lacking; He is lacking **in** courage], 3 *comb*: **lack-lustre** *a* (of eyes etc) जिसमें चमक न हो, निष्प्रभ, निस्तेज, कांतिरहित

lackadaisical लैक-डेजिकल *a* 1 सुस्त, उदास, निरुत्साह; सुस्ती या उदासी का [~ mood], 2 नाज़-नख़रे वाला, छुई-मुई, 3 तनिक भावुक, भावुकता-प्रवण; ~ly *adv* उदासी से, सुस्ती से, भावुकता से

lackaday लैक-डे *int* (*arch*) आह! हाय! अफ़सोस !

lacker (see lacquer)

lackey, lacquey लैकि *n vt* 1 (प्रायः बावर्दी) नौकर चाकर, दरवान, द्वारपाल, 2 खुशामदी, चापलूस, पिछलगा, पिछलग्गू, पिट्ठू, *vt* (किसी की) चापलूसी करना

laconic लकॉनिक *a* 1 संक्षिप्त, बहुत छोटा, सूत्रवत्, नपा-तुला, दो-हरफ़ी [a ~ reply], 2 मितभाषी, अल्पभाषी, संक्षेप-प्रिय, लाघव-प्रिय [a ~ person], **~ally** बड़े सक्षेप में, थोड़े शब्दों में; **laconicism** लकॉनि-सिज़म, **laconism** लैकनिज़म *n* 1 मितभाषिता, लाघव, सूत्रशैली 2 संक्षिप्त कथन या वचन या उक्ति, सूत्र

lacquer, lacker लैकर *n* & *vt* 1 लाख को अल्कोहल में घोल कर कर बनाया गया सुनहला रोग़न (जो वि० पीतल की चीजों पर लगाया जाता है), लाख का रोगन, लाख की वार्निश, 2 लकड़ी पर किया जाने वाला लाख का रोग़न; एक प्रकार का कृत्रिम रोग़न 3 लाख के रोग़न वाली चीज़ें, 4 **~ware** लाख की चीज़ें, लाख का काम; *vt* लाख का रोगन करना, लाख की वार्निश करना

lacquey (see lackey)

lactation लैक्टेशन *n* 1 दूध देना; दूध निकलना; दुग्ध-स्रवण, 2 दूध पिलाना, स्तनपान कराना; **~ period** दूध देने की अवधि

lacteal लैक्टिअल *a* & *n* 1 दूध का, दूध या दूधिया द्रव ले जाने वाला, दुग्धवाही, अन्नरसवाही, (*n pl*) 2 ~s अन्नरसवाही नाड़ियां, **lacteous** लैक्टिउस *a* (*arch*) दूधिया, दूध-जैसा, दूध के रंग का

lactic लैक्टिक *a* (*chem*) दूध का, ~ acid दुग्धाम्ल, **lactiferous** लैक्-टिफ़रस *a* जिससे दूध या दूधिया द्रव निकले, दुग्धवाही

lactometer लैक्टॉमिटर *n* दूध की सघनता मापने का यन्त्र, दुग्ध (घनत्व-) मापी

lactose लैक्टोस *n* दूध में पाया जाने वाला मीठा, दूध की शक्कर, दुग्धशर्करा

lacuna लक्यूनः *n* (*pl* ~e, ~s), 1 लेख आदि में वह स्थल जहां कोई बात छूट गई हो; जो बात छूट या रह गई हो, पाठ-लोप [There are many ~s in the manuscript]; रिक्त स्थान, रिक्ति; अभाव, कमी, त्रुटि [There is a ~ in the law], 2 *anat* हड्डी का खोखला या पोला भाग

lacustrine लकस्ट्राइन *a* 1 झील का, सरोवर का, सरोवर में बना हुआ, सरोवरी [~ city; see lake-dwelling], 2 सरोवर में रहने वाला, सरोवर-निवासी, 3 सरोवर-निवास का [~ age], 4 सरोवर में उगने वाला, सरोवरी, सरोवरीय [~ plant]

lad लैड *n* किशोर, छोकरा, लड़का

ladder लैडर *n* 1 सीढ़ी, जीना, सोपान, 2 *fig* समाज में उन्नति करने का साधन, उद्देश्य-प्राप्ति का साधन; **to kick down the ladder** जिस व्यक्ति या व्यवसाय की सहायता से उन्नति की हो उसे लात मारना, **3** (जुर्राब आदि में) खड़ा तार निकल जाना, खड़ा तार निकल जाने से होने वाला नुक्स, ख़ाली घर

lade लेड *vt* (laded, laden) (जहाज़ को) लादना, (जहाज़ पर) माल चढ़ाना, (माल) लादना

laden लेडन *a* 1 (of vehicle, beast of burden, person, tree, branch, table, etc) लदा हुआ [a tree ~ with fruit, a fully ~ ship], 2 भार से दबा हुआ, भाराक्रान्त [~ with sin]

lading लेडिङ्ग *n* लदान, लदाई, जहाज़ का भाड़ा,

bill of lading लदान-पत्र (see bill^2, 7)

ladle लेडल *n* & *vt* कलछी, करछी, डोई, *vt* 1 करछी से **निकाल** कर देना [to ~ out the soup etc]; 2 *fig* दिल खोल कर बाँटना [to ~ out honours]

lady लेडि *n* 1 स्त्री, भद्र स्त्री, महिला, 2 प्रेयसी, प्रेमिका, 3 **Our Lady** मरियम; 4 **your good lady** आपकी धर्मपत्नी, 5 **Ladies & gentlemen** महिलाओ और सज्जनो! बहनो और भाइयो! 6 lady clerk, doctor, etc महिला क्लर्क, महिला डाक्टर, 7 *comb*: **~bird** गुबरैले की तरह का पतंगा, सोनपंखी, **lady's finger** भिंडी, **lady-killer** स्त्रियों का दिल जीत लेने वाला, नारी-चित्तचोर, महिला-मनमोहन, **~-love** प्रेयसी

ladylike *a* 1 भद्र स्त्री की भांति (शिष्ट), 2 महिलाजनोचित, 3 (of man) जनाना

lag^1 लैग *vi* (gg) 1 (of person) पीछे रह जाना, पिछड़ना, पिछड़ जाना [to lag (behind)], 2 (of tide) देर से आना, विलम्ब होना

lag^2 *n* 1 *phys* दो क्रियाओं का समकालिक न होना, (दो क्रियाओं के बीच का) अन्तर, अन्तराल; (क्रिया की) पश्चता, 2 (of tide) (ज्वार आने में) विलम्ब (cf priming)

lag^3 *vt* (-gg-) & *n* (*sl*) 1 कठोर श्रम सहित कारावास देना, 2 पकड़ना, गिरफ्तार करना; *n* 1 अपराधी, मुजरिम, 2 बन्दी, कैदी

lag^4 *n* & *vt* वायलर का असंवाहक परिवेष्टन, ख़ोल, *vt* ख़ोल चढ़ाना

lagan लैगन *n* (*law*) समुद्र में डूबा हुआ माल

laggard लैगर्ड *n* सुस्त, काहिल, धीरे-धीरे चलने या काम करने वाला व्यक्ति, धीमा, मट्ठर, पिछड़ जाने वाला, फिसड्डी

lagoon लगून *n* 1 समुद्री जल का वह भाग जो रेतीली भूमि द्वारा समुद्र से अलग कर दिया गया हो, समुद्री झील, पश्च जल, 2 मूंगा-टापू (के बीच) की झील

laic लेइक *n* & *a* जो पादरी या पुरोहित न हो, अयाजक, जन-साधारण; *a* सांसारिक, लौकिक, ऐहिक, अयाजकीय

laicization *n* (f. foll) अयाजकीकरण

laicize लेइसाइज़ *vt* पादरी-वर्ग या याजक-वर्ग के अधिकार क्षेत्र से **निकाल** देना, साधारण जनता के अधिकार या प्रबंध में देना, (स्कूल आदि) आम लोगों के लिए खोल देना

lair लें अर *n* 1 (पशुओं का) वाड़ा, थान, 2 (जंगली जानवरों की) गुफा, मांद, 3 (*colloq*) छिपने की जगह, Brigands' lair चोर-डाकुओं का अड्डा

laird लें अर्ड *n* (Sc.) (स्काटलैण्ड में) ज़मींदार, ताल्लुकेदार [Sc. form of Lord with changed sense]

laissez-aller F लेसे ऐले *n* बन्धन का अभाव, स्वच्छन्दता; **laissez-faire** F लेसे-फ़ें अर (शब्दार्थः- जो होता है होने दो, हस्तक्षेप न करो), उद्योग, व्यापार आदि पर कोई प्रतिबन्ध न लगाने की नीति, अहस्तक्षेप की नीति; **laissez-passer** F लेसे-पैसे *n* प्रवेशपत्र, पास

laity ले-इटि *collect* *n* सधारण जनता, जन-साधारण; ऐसे लोग जो पुरोहित, अध्यापक, डाक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक आदि किसी शिक्षित वर्ग के न हों

lake^1 लेक *n* 1 झील, सरोवर, 2 *comb*: **~-dweller** झील-निवासी, **~-dwelling** झील-तट या झील-तल में खंभे गाड़ कर उनके ऊपर बनाया गया घर, सरोवर-गृह, ऐसे घर में रहना, सरोवर-वास

lake^2 *n* लाखी रंग या रंग द्रव्य (जो पहले-पहल लाख से बनता था), लाक्षक

lam लैम *vt* & *i* (-mm-) *sl* बेंत से खूब पीटना, तड़ातड़ बेंत लगाना [to lam (into) s.o.]

lamasery लाम-सरि, लमासरि *n* लामाओं का मठ या आश्रम, लामा-विहार

lamb लैम *n* & *vi* 1 भेड़ का बच्चा, मेमना, **As well be hanged for a sheep as for a ~** यदि छोटे और बड़े अपराध का दण्ड एक ही हो तो बड़ा अपराध ही करो; जो करना हो पूरा कर के छोड़ो; **like a ~ (to the slaughter)** बिना विरोध या प्रतिरोध किये, निर्विरोध, चुपचाप, [*colloq*: He took it like a lamb], 2 पादरी-समाज का नया सदस्य, 3 भोला-भाला या निर्बल व्यक्ति, 4 **The lamb (of God)** ईसा मसीह, 5 **~-like** *a* भोला, शरीफ़, सुशील, विनीत; *vi* (of ewe) ब्याना, बच्चा देना, मेमना जनना

lambency लैम्बन्सि *n* 1 (दीपक का) मद्धिम प्रकाश, झिलमिलाहट, (प्रकाश की) मन्दता, हल्कापन; 2 (प्रतिभा की) विविधता, उज्ज्वलता

lambent लैम्बन्ट *a* 1 (of flame) झिलमिलाता हुआ, लहकता हुआ, मद्धिम, मन्द, हल्का, 2 (of eyes) कुछ-कुछ चमकता हुआ, 3 (of wit, style) सूझ-बूझ वाला, रंगबिरंगा, विविधतापूर्ण

lambkin लैम्किन *n* नन्हा मेमना

lame^1 लेम *a* 1 लूला, लंगड़ा, अपंग, अपाहज, पंगु [to be ~ of *or* in one leg], 2 असन्तोष-जनक, **~ argument** थोदी या पोच दलील, सदोष तर्क, **~ excuse** झूठा बहाना, 3 (of verse) जिसमें यतिभंग हो, 4 **lame duck** (see duck^1), (*Parl*) **lame duck session** वह अन्तिम अधिवेशन जिसमें पुनर्निर्वाचित न हो सकने वाले सदस्यों को विदाई दी जाती है, निर्गामी सदस्यों की विदाई का सत्र, निर्गामी सदस्य सत्र

lame^2 *vt* लूला या लंगड़ा कर देना; *fig* असमर्थ कर देना

lamella लमें लः *n* (*pl* **~e**) (हड्डी आदि की) पतली परत; झिल्ली, पत्रक; **~r** *a* परतदार, स्तरमय, स्तरित

lament लमें न्ट *n* & *vt* & *i* 1 विलाप, करुण-

क्रन्दन, रुदन, रोना-धोना, 2 शोक-गीत, मरसिया; *vt* शोक करना, मातम या रंज करना [to~ s.o.'s death], *vi* to ~ **for** s.o. किसी की मृत्यु पर विलाप करना, to ~ **for** sth किसी वस्तु के न रहने पर शोक करना, रोना, **lamentable** लैमन्ट-बल *a* (of event, fate, conditions, character, etc) शोचनीय, खेदजनक, दुःखद, बुरा, **lamentation** लैमन्टेशन *a* विलाप, करुण क्रन्दन, विलाप करना; **lamented** *a* शोचित्त, **the late lamented** स्वर्गवासी, स्वर्गीय, दिवंगत

lamia लेमीअ *n* (*Gk & Rom myth*) बड़ों का शिकार करने वाली और बच्चों का खून चूसने वाली राक्षसी

lamina लैमिनः *n* (*pl* ~e) धातु की पतली चद्दर, पत्तर, वरक; पत्थर की पतली परत, स्तरिका; झिल्ली

laminar लैमिनर *a* परतदार, स्तरीय, झिल्लीदार

laminate^1 लैमिनेट *vt & i* 1 (धातु को) पीट कर पतली चद्दर बनाना, पत्तर या वरक बनाना, 2 (किसी चीज़ की) परतों या स्तरों को अलग-अलग करना; *vi* परतों का अलग-अलग-होना, 3 (किसी चीज़ पर) धातु की चद्दर जड़ना या मढ़ना, 4 परत पर परत जोड़ कर (कोई चीज़) बनाना

laminate^2 लैमिनट *a* परतदार, स्तरमय, स्तरिकामय

laminated लैमिनेटिड *a* परतदार [~ wood], स्तरित

lamination लैमिनेशन *n* 1 पत्तर या वरक बनाना, परत बनाना, परतदार बनाना, परतबन्दी, 2 *geol* स्तरिकायन, 3 पत्तर, वरक

Lammas लैमस *n* अगस्त की पहली तारीख़ (जिस दिन प्राचीन यूरोप में फ़सल काटने का उत्सव मनाया जाता था)

lammergeyer लैमर्गाइअर *n* दाढ़ी वाला गीध (जो कि यूरोप का सब से बड़ा शिकारी पक्षी है)

lamp लैम्प *n* 1 लैम्प, दीपक, दीया, बत्ती, चिराग, (of writing etc) **to smell of the ~** रात्रि-जागरण की बू होना, पता लगना कि रातों जाग कर अध्ययन या काम किया गया है, (शैली का) अस्वाभाविक होना, प्रयासपूर्ण होना, 2 *fig* सूर्य, चन्द्र, तारा; आध्यात्मिक प्रकाश का स्रोत, ज्ञान का प्रकाश देने वाला, 3 *comb*: **~black** काजल, **~light** लैम्प की रोशनी, **~lighter** (गलियों में) लैम्प जलाने वाला, बत्ती जलाने वाला, **~post** लैम्प का खम्भा, दीप-स्तंभ; ~shade दीपछत्र

lampoon लैम्पून *n & vt* 1 **विषैला** या कटु व्यंग्य, अश्लील या गाली-गलौज भरा व्यंग्य, 2 किसी को बदनाम करने के लिए लिखा गया लेख या काव्य, निन्दा लेख, व्यंग्य-काव्य, अपगीत, हजो, *vt* (किसी के विरुद्ध) व्यंग्य-लेख लिखना, बदनाम करना; **~er** *n* (लेख, काव्य आदि द्वारा किसी को) बदनाम करने वाला, व्यंग्य-लेखक; **~ery** *n* 1 व्यंग्य-लेख, व्यंग्यकृति, व्यंग्यरचना, निन्दालेख 2 व्यंग्य या कटाक्ष करने का स्वभाव या प्रवृत्ति, **~ist** *n* व्यंग्यकार, व्यंग्यलेखक

lamprey लैम्प्रि *n* सर्पाकार मछली

Lancastrian *a & n* लंकाशायर (Lancashire) अथवा लंकास्टर (Lancaster) का (निवासी)

lance^1 लांस *n* 1 वर्छा, बर्छी, भाला, नेज़ा, बल्लम, 2 *comb*: **~-corporal** (*mil*) कार्पोरल से छोटा बे-कमीशन अफ़सर

lance^2 *vt* 1 वर्छा या भाला भोंकना या मारना 2 *surg* (फोड़े आदि को) नश्तर से चीरना, नश्तर लगाना

lancelet लान्स्लिट *n* एक प्रकार की समुद्री मछली

lanceolate लांसिअलट *a* वर्छे के फल के आकार का; जिसके दोनों सिरे गावदुमाकार हों, भालाकार

lancer लांसर *n* घुड़सवार सैनिक (जो पहले बल्लम से लैस होता था), लांसर

lancet लांसिट *n* 1 (शल्य चिकित्सक का) नश्तर, छुरिका, 2 ~ **arch, window,** etc (*archit*) नोकदार (चोटी वाली) मेहराब, खिड़की आदि

lancinating लांसिनेटिङ्ग *a* (of pain) सख़्त, जोर का

land^1 लैन्ड *a* 1 धरती, भूमि, ज़मीन, स्थल, थल, खुश्की [to travel by ~], **to see how the land lies** (*fig*) स्थिति का पता लगाना; **to touch ~** किनारे पर लगना, तट पर उतरना, 2 देश, राष्ट्र, जाति, कौम, 3 (खेती की) ज़मीन, ज़मींदारी, 4 *comb*: **~fall** (समुद्री या हवाई यात्रा में वि॰ पहली बार) धरती के निकट पहुंचना, धरती के दर्शन, **land force(s)** स्थल सेना, **landslide** (i) = landslip (see below); (ii) *fig* (चुनाव आदि में) भारी बहुमत से जीत, a conservative ~slide कन्सर्वेटिव पार्टी की ज़बरदस्त जीत; **~ revenue** मालगुज़ारी; **landslip** पहाड़ का गिरना, शिलाखण्डों का भहराना, पर्वतस्खलन, **~ tenure** पट्टेदारी [*N.B.* Other combinations will be found in their alphabetic positions]

land^2 *vt & i* 1 (जहाज़) किनारे पर लगाना या लगना, 2 (गाड़ी, जहाज़ आदि से) उतारना या उतरना, **landed cost** (जहाज़ आदि से) उतरने तक की लागत, 3 धरती पर उतारना या उतरना [to ~ an aeroplane; the plane ~s], *vt* (उछलने के बाद) धरती पर आ जाना, **to ~ on one's feet** (*fig*) सौभाग्य से आपत्ति या कष्ट से साफ़ बच जाना, खुशकिस्मत होना, 4 (*fig*) **to ~ a prize** इनाम जीतना, 5 विशेष स्थान या स्थिति में पहुंचाना **That will ~ you (up) in prison, in trouble, etc** ऐसा करने से तुम जेल की हवा खाओगे; मुसीबत में फंस जाओगे

landau लैन्डॉ *n* चार घोड़ों की गाड़ी, लैण्डो

landed *a* भूमि का, **~ property** भू-संपत्ति,

स्थावर संपत्ति, 2 भूमि से संबंधित, **the landed interest** वे लोग जिनका संबंध खेती की ज़मीन से हो; ज़मींदार, पट्टेदार आदि

landing *n* 1 (जहाज़ का) किनारे पर लगना, 2 (विमान का) धरती पर उतरना; **to make a forced landing** विवश या मजबूर हो कर उतरना, उतरना पड़ना, 3 ~-place, ~-stage घाट

landholder लैन्ड्-होल्डर *n* पट्टेदार; भूमिधारी

landlady लैन्ड्-लेडि *n* 1 (किराये पर दिये गये) मकान की मालकिन, 2 होटल की मालकिन

landlocked लैन्ड्लॉक्ड *a* चारों ओर से खुश्की से घिरा हुआ, स्थलरुद्ध [Afghanistan is a ~ country]

landlord लैन्ड्-लॉर्ड *a* 1 जमींदार (जिसने अपनी ज़मीन पट्टे पर दी हुई हो), 2 मकान का मालिक

landlordism *n* 1 ज़मींदारी (प्रथा), 2 ज़मींदारी प्रथा का समर्थन

landmark *n* 1 सीमा का निशान, सीमाचिन्ह, 2 इलाके में औरों से अलग दिखाई देने वाली चीज़ जिससे यात्री को पता लग सके कि वह कहां पहुंच गया है, 3 महत्त्वपूर्ण या युगान्तरकारी घटना [~s in our freedom stuggle]

landmass लैन्ड्मैस *n* भूखण्ड, स्थलखण्ड

landmine लैन्ड्-माइन *n* धरती में गाड़ा जाने वाला विस्फोटक, बारूदी सुरंग

landowner *n* ज़मीन का मालिक, भूमिधर

landscape लैन्ड्स्केप *n* & *vt* & *i* 1 देहाती इलाके का प्राकृतिक दृश्य, 2 देहाती या प्राकृतिक दृश्य का चित्र, प्रकृति-चित्र, 3 प्रकृति-चित्रण कला; *vt* & *i* (पेड़-पौधे लगा कर या धरती को ऊँचा-नीचा करके) किसी स्थल या सड़क आदि को प्राकृतिक दृश्य की भांति सुन्दर बनाना; ~ **architecture** नगर के विभिन्न स्थलों का नक्शा बदल कर उन्हें सुन्दर या अधिक उपयोगी बनाने की कला, भूदृश्य-स्थापत्य; ~ **gardening** बागों को प्राकृतिक दृश्य के समान सुन्दर बनाने की कला, भूदृश्य-बाग़बानी

landscapist, landscape-painter *nn* प्रकृति-चित्रकार

land settlement भूव्यवस्था, बन्दोबस्त

landslide; landslip (see land *n*)

lane लेन *n* 1 (in countryside) झाड़ियों या पेड़ों की पंक्तियों के बीच का तंग रास्ता, पग-डंडी, 2 (in town) गली, कूचा, वीथी, वीथिका, 3 व्यक्तियों की कतारों के बीच छोड़ा गया रास्ता, 4 जहाज़ों के आने-जाने का नियत मार्ग, पोत-मार्ग

language लैङ्ग्विज *n* 1 भाषा, वाणी, बोली, 2 भाव व्यक्त करने का तरीका या ढंग, संकेत भाषा [*e.g.* finger-language], 3 (लेखक की) शब्दावली, साहित्यिक शैली, 4 (व्यवसाय-विशेष की) शब्दावली, 5 व्यक्ति का बोलने का ढंग, **bad ~, strong ~** शपथपूर्ण भाषा, गाली-गलौज, कटु शब्द

languid लैङ्ग्विड *a* 1 सुस्त, शिथिल, ढीला, निढाल, कमज़ोर, निर्बल, बेजान, 2 मन्द, मद्धिम, हल्का [~ voice], 3 उदासीन, निरुत्साह, to be ~ about sth किसी काम के बारे में उत्साह न होना या उदासीन होना; **~ness** *n* 1 सुस्ती, आलस्य, शिथिलता, 2 उत्साहहीनता

languish लैङ्ग्विश *vi* 1 सुस्त या शिथिल होना, दुर्बल होना, 2 मद्धिम पड़ना, हल्का हो जाना, 3 जी बैठना, जी बुझना, निराश होना, उदास होना, हिम्मत हारना, 4 (किसी व्यक्ति या चीज़ के लिए) ललकना या तड़पना या घुलना [to ~ **after, for,** sth or s.o.], 5 नाज़-नख़रा करना, प्रेमातुर या हाव-भावपूर्ण चितवन से देखना; ~ing *a* & *n* 1 सुस्त, शिथिल (see languid), 2 हाव-भावपूर्ण, प्रेमविह्वल, **उत्कण्ठायुक्त,** उत्कण्ठित [a ~ing look]; *n* (= languidness); **~ment** *n* 1 ललक; 2 तड़पना, घुलना, क्षीणता

languor लैङ्गर *n* 1 सुस्ती, शिथिलता, आलस्य, निश्चेष्टता, कमज़ोरी, 2 थकान, थकावट, ऊब, उकताहट, 3 उदासी, कम-हिम्मती, उत्साहहीनता, उदासीनता, (कार्य में) अरुचि, 4 हाव-भाव, नाज़-नख़रा; **~ous** (लैंग-रस,) *a* (see languid), 1 सुस्त, शिथिल, 2 श्रान्त-क्लान्त, 3 उदास, निरुत्साह, उदासीन, 4 हाव-भावपूर्ण, नाज़-नख़रे का, प्रेमविह्वल

laniard *n* (= lanyard)

laniary लैनिअरि *a* & *n* फाड़ने वाला (दाँत), भेदक दाँत (see canine, 2)

laniferous, -igerous ल-निफ़रस, ल-निजरस *aa* ऊनदार

lank लैङ्क *a* 1 (of person) (लंबा और) दुबला-पतला, छरहरा, कृशकाय, 2 ~ cheeks पिचके हुए गाल, 3 lank hair सीधे और नरम बाल, बाल जो घुंघराले न हों, अकुंचित केश, 4 (of grass etc) लंबा आर लहराता हुआ

lankiness *n* (see foll) दुबलापन

lanky लैङ्कि *a* (of limbs, person) बहुत ही दुबला-पतला और लंबा

lantern लैन्टर्न *n* 1 लालटेन, magic ~ (see magic), **~-slide** चित्रदर्शी स्लाइड, 2 *archit* गुंबद या छत पर का रोशनदान, 3 ~ **jaws** पिचके हुए गाल, **~-jawed** *a* पिचके हुए गालों वाला

lanyard लैन्यर्ड *n* (*naut*) 1 छोटी रस्सी, 2 गर्दन या कंधे से लटकती हुई डोरी जिसके सिरे से चाकू, सीटी आदि बांधे जा सकते हैं

Laodicean लेअ-डिसीअन *n* & *a* (व्यक्ति) जिसमें किसी बात के पक्ष या विपक्ष में विशेष उत्साह न हो, उदासीन [~ policy]

Laotian लाओ-शिन *a* & *n* लाओस का (निवासी) लाओस की भाषा [f. Laos, formerly part of French Indo-China]

lap^1 लैप *n* 1 (वस्त्र आदि का) लटकता हुआ भाग, आंचल, पल्ला, दामन, 2 (कान की) लौ, लटकन, 3 कुर्ते आदि का वह अगला भाग जिसे उठा

कर उसमें कोई चीज डाली जाती है, झोली, 4 गोद, क्रोड़, अंक, अंकवार, उत्संग; **to sit** *or* **be on s.o.'s lap** किसी की गोद में बैठना, *fig* किसी पर निर्भर या आश्रित होना; The outcome is **in the lap of the gods** परिणाम भगवान् पर निर्भर है; (अनिश्चित है), to be brought up **in the lap of luxury** ऐशो-इश्रत में पलना, 5 *comb*: **lap-dog** गोद का कुत्ता (एक प्रकार का छोटा पालतू कुत्ता)

lap^{2} *vt* & *i* (-pp-) 1 (वस्त्र आदि) इर्द-गिर्द लपेटना, परिवेष्टित करना, 2 (of influences etc) घेरना (esp in *pass*, *e.g.* lapped in luxury), 3 (छत पर खपड़े की भांति) एक-दूसरे को किसी हद तक ढक लेना, एक-दूसरे पर चढ़ाना, दूसरे को ढक कर तनिक बाहर को निकला रहना [*vi* to ~ over sth], 4 (racing) प्रतियोगी से एक या कई चक्कर आगे निकल जाना

lap^{3} *n* (see prec) एक वस्तु का दूसरी के ऊपर चढ़ा हुआ भाग, चढ़ाव, **half-lap** दो तख़्तों के सिरों की मोटाई आधी कर के एक दूसरे पर चढ़ाना, 2 (चर्खी पर लिपटे हुए तागे, कपड़े आदि का) एक चक्कर, 3 दौड़ के मैदान का एक चक्कर; *fig* यात्रा का चरण [**on the last ~ of the tour**], 4 **~-joint** *n* & *vt* = half-lap (see above)

lap^{4} *vi* & *t* (-pp-) & *n* 1 (of animal) लपलपाती जीभ से पीना [**to lap (up) milk**], 2 (*fig*) to lap **up, down**, everything सब कुछ हड़प जाना, चट कर जाना, 3 (of waves) छप-छप शब्द करते हुए (तट से) टकराना, छपछपाना, *n* 1 कुत्तों की पतली ख़ुराक, एक घूंट, 2 लहरों के तट से टकराने की आवाज़, छप-छप

lapel लपे`ल *n* कोट की छाती का वह भाग जो (मोड़ कर) तह कर दिया जाता है, लौट

lapicide लैपिसाइड *n* पत्थर तराशने वाला, संगतराश; पत्थर पर लेख उत्कीर्ण करने वाला

lapidary लैपि-डरि *a* & *n* 1 पत्थर से संबंधित, **~ bee** पत्थर की दीवार में छत्ता बनाने वाली मधुमक्खी, 2 पत्थर पर उत्कीर्ण, 3 (of style) शिलालेख या स्मारक के लिए उपयुक्त, शिलालेखी *n* नगों को पालिश करने वाला या उन पर नक्कशी करने वाला, मणिकार

lapidate लैपिडेट *vt* (*liter*) पत्थर मारना; पत्थर मार-मार कर मार डालना; **lapidation** *n* 1 पथराव; 2 पत्थर-आघात से हत्या

lapis lazuli लैपिस् लैज़्यूलि *n* 1 गहरे नीले रंग की मणि; लाजवर्द; 2 (इस से प्राप्त) गहरा नीला रोग़न; 3 गहरा नीला रंग

lappet लैपिट *n* 1 कपड़े की तह, पल्ला, आंचल, दामन, लटकन, 2 लटकता हुआ मांस, 3 कान की लौ, लोर, ललरी, 4 = lapel

lapse^{1} लैप्स *n* 1 स्मृति या वाणी या लेखनी आदि का तनिक दोष, ग़लती, भूल, चूक, **~ of the tongue** बोलने की ग़लती, ग़लत बोला जाना, वाणीस्खलन, ~ of memory स्मृतिदोष, स्मृतिभ्रंश, 2 आचारदोष, अनाचार, **~ from** one's duty (कर्तव्य में) प्रमाद. कर्तव्य पालन न करना, 3 ग़लती ,भूल, चूक administrative lapse प्रशासन की या प्रशासनिक ग़लती या भूल, 4 *law* प्रयोगाभाव के कारण अधिकार का छिन जाना, अधिकार का अन्त, 5 (समय का अतिक्रमण या बीतना, काल का अन्तर, कालान्तराल [the lapse of time; after a lapse of three months]

lapse^{2} *vi* 1 ह्रास होना, भ्रष्ट होना, च्युत होना, to ~ **from** duty कर्तव्यच्युत होना, 2 पुन: पूर्व (या निकृष्ट) स्थिति को प्राप्त होना [to ~ **back into** idleness; to lapse **into** silence, 3 *law* (अधिकार का) लोप होना , (जायदाद का) दूसरे को मिल जाना [to ~ **to s.o.**], (of insurance policy) जारी न रहना, ख़तम हो जाना, (of law) लागू न रहना, रद्द या मंसूख़ हो जाना,

lapsed *a* (see prec) लुप्त (अधिकार आदि) अन्यगामी या परगामी (जायदाद आदि), समाप्त (बीमा पालिसी आदि), रद्द या मंसूख़ (कानून, करार आदि)

lapsus L लैप्सस*n* त्रुटि, दोष, गलती **lapsus linguae**= lapse of the tongue(see lapse^{1})

lapwing लैप्विङ्ग *n* टिटिहरी, कुररी

larboard लार्बर्ड *n* जहाज़ का बायां बाज़ू, पोत का वाम पार्श्व

larceny लार्स्नि *n* (*law*) (तुच्छ वस्तु की) चोरी,उठाईगीरी

larch लार्च *n* देवदार जाति का वृक्ष, इस की लकड़ी

lard^{1} लार्ड *n* सूअर के पेट की साफ़ की हुई चर्बी(जो पकाने आदि के काम आती है), सूअर की चर्बी, शूकरवसा

lard^{2} *vt* 1 (मांस को स्वादिष्ट बनाने के लिए पकाने से पहले उसमें) सूअर के नमक-लगे गोश्त के टुकड़े भरना, 2 to lard one's **writings**, speeches, **with** quotations, foreign words, etc अपने लेखों या भाषणों को उद्धरणों, विदेशी शब्दों आदि से अलंकृत करना

larder लार्डर *n* मांस तथा अन्य खाद्य रखने का कमरा, मांस-कक्ष, खाद्य-भण्डार; जालीदार अलमारी

large लार्ज *a*&*n* 1 विशाल, विस्तृत, विस्तीर्ण बृहत्, (बहुत) बड़ा, लंबा-चौड़ा [a ~ sum, a ~ family], ~ powers विस्तृत अधिकार, **on a large scale** बड़े पैमाने पर; 2 (of person): **~ of limb** बड़े-बड़े अङ्गों वाला, दीर्घाङ्ग, 3 *comb*: **~-hearted** *a* उदारहृदय, उदारमना, महामना; **~-heartedness** *n* उदारता, वदान्यता; *n* 1 **to be at large** (i) स्वतंत्र होना, to set **a** prisoner at ~ कैदी को रिहा करना; (ii) फ़रार [The escaped prisoner is still at ~]; 2 **gentleman at ~** व्यवसाय-रहित आदमी; **the people**

at ~ आम लोग, जन-साधारण; ~ly *adv* अधिकांश, बहुत हद तक, मुख्यतया [Our success was ~ly due to luck]. ~ness *n* 1 विशालता, विस्तार, लंबाई-चौड़ाई, आयाम, 2 प्राचुर्य, आधिक्य, 3 उदारता

largess(e) लार्जेंस *n* (वि० खुशी के मौके पर) दिल खोल कर दिया गया दान, ख़ैरात, बख़्शीश, उपहार

lariat लैरिअट *n* 1 जानवरों को खूंटे से बांधने की रस्सी, 2 = lasso

lark लार्क, **laverock** लैवरक *nn* मटमैले पंखों वाला छोटा पक्षी (जिसके अनेक प्रकार होते हैं, *e.g.* skylark, crested lark, horned lark, etc.), चंडूल, लवा; भरत पक्षी; **to rise with the lark** बहुत सवेरे उठना

lark लार्क *n* & *vt* (*colloq*) अठखेली, शरारत, खेलवाड़, आमोद-प्रमोद; **What a lark!** कितना मज़ा आया!; *vi* अठखेली करना, हँसी-मजाक करना [to ~ about]

larrikin लैरिकिन *n* उपद्रवी, दंगाई, गुण्डा

larva लार्वः *n* (*pl* -ae) अण्डे से निकलने और कोष (pupa) बनने के बीच की अवस्था में पतंगा, डिम्भ, इल्ली; **larval** लार्वल *a* 1 डिम्भ का, डिम्भी 2 (of disease) सुप्त, गुप्त, अव्यक्त, अप्रकट

laryngitis लैरिन्जाइटिस *n* स्वरयन्त्र की सूजन, स्वरयन्त्र-शोथ (see larynx)

laryngoscope लैरिङ्गस्कोप *n* स्वरयन्त्र देखने का यन्त्र, स्वरयन्त्रदर्शी

larynx लैरिङ्क्स *n* गले में हवा की नाली का ऊपरी सिरा, स्वरयन्त्र

Lascar लैस्कर *n* (पूर्वी भारत का) नाविक, मल्लाह, खलासी, लासकर

lascivious ल-सिविअस *a* 1 कामी, कामुक, विषयी, विलासी, लंपट, भोगासक्त, व्यभिचारी, 2 कामोद्दीपक, कामोत्तेजक [~ dances etc.], ~ness *n* 1 विषयासक्ति, लंपटता, कामुकता, 2 कामोद्दीपकता

laser लेज़र *n* (*phys*) (तीव्र-ऊर्जायुक्त परमाणुओं की किरणों के प्रयोग से) एकवर्णी विद्युत्-चुम्बकीय तरङ्गों का एक ही दिशा में जाने वाला प्रबल पुंज बनाने का यन्त्र, लेसर (cf. maser) [f. *l*ight *a*mplification by *s*timulated *e*mission of *r*adiation]. [A laser beam is used in surgery, communications, industry, etc.]

lash[1] लैश *n* 1 चाबुक की डोरी, चाबुक, कोड़ा, कशा, 2 कोड़े की मार, कशाघात, **the lash** कोड़े की मार, 3 प्रेरणादायक बात, कोड़ा, 4 = eye-~

lash[2] *vt* & *i* 1 पूंछ आदि ज़ोर से हिलाना या मारना, चाबुक मारना, कोड़ा (या कोड़े) लगाना [The rider ~ed the horse; the horse ~ed its tail], 2 (*of rain*) **to lash (against) the windows** (वर्षा का) खिड़कियों के शीशों पर तड़ा-तड़ पड़ना; The town was lashed by rain नगर में मूसलाधार या बड़े ज़ोर की बर्षा हुई, 3 (of waves) (तट से) टकराना, 4 उत्तेजित करना, **to lash oneself into a fury** आग-बबूला या उत्तेजित होना; 5 कस कर बांधना, जकड़ना [to ~ sth to sth, to ~ things together], 6 *vi* **to ~ out** (*of animal*) दुलत्ती चलाना या झाड़ना, (*of person*) **to lash out against** *or* **at s.o.** (i) किसी को मुक्के या घूंसे मारना, (ii) किसी की कटु आलोचना करना, किसी पर फबती कसना, किसी को खोटी-खरी सुनाना; डांटना-फटकारना, 7 to ~ out into expenditure अंधाधुंध खर्च करना

lashing लैशिङ्ग *n* 1 (बांधने) की रस्सी, डोरी, 2 कोड़े की मार, कशाघात, 3 कटु आलोचना; ज़बर-दस्त डांट-फटकार

lass लैस *n* लड़की, युवती; प्रेयसी; **~ie** *n* छोटी लड़की, नटखट या चंचल लड़की

lassitude लैसिटयूड *n* आलस्य, सुस्ती, शिथिलता, ऊब, उकताहट, काम में अरुचि या अप्रवृत्ति, काम करने को जी न चाहना

lasso लैसो *n* मवेशियों को फँसाने के लिए चमड़े की फंदेदार रस्सी, कमन्द

last[1] लास्ट *n* लकड़ी का ढांचा जिस पर चढ़ा कर मोची जूता बनाता है, कलबूत; *Prov:* **Let the shoemaker stick to his last** जिस का काम उसी को साजे; **to stick to one's last** मनुष्य को वही काम या धंधा करना चाहिए जो उसे अच्छी तरह आता हो

last[2] *a*, *n* & *adv* 1 सब से बाद आने या होने वाला, पिछला, अन्तिम, (i) she was the ~ to arrive वह सब से बाद पहुंची [I was the ~ to be consulted]; (ii) **last but one** अन्तिम से पहला, उपांत्य, (iii) **last but not least** अन्त में कही जाने या होने वाली बात जिसका महत्व कम नहीं है, (iv) **last day** कयामत का दिन (see judgement day), पिछला, गत [~ week, month, year], ~ night, ~ evening कल रात, कल शाम; 3 **the last word** (i) निर्णायक या निश्चायक बात, अन्तिम बात या निर्णय, दो टूक बात, (ii) the last word in *saries* साड़ियों का नवीनतम फ़ैशन, 4 जिसकी बहुत कम संभावना हो, असंभवप्राय [I should be the ~ person to do it], 5 बहुत अधिक, आत्यन्तिक, अत्यन्त [This is of the last importance], *n* 1 पिछला पत्र, [as I said in my last], 2 अन्तिम चर्चित व्यक्ति या वस्तु, 3 **to** *or* **till the last** अन्त तक, मरते दम तक; **at last, at long last** अन्त में, आख़िरकार, अन्ततोगत्वा, *adv* सबसे बाद, अन्त में [He spoke ~], पिछली बार [When I saw him ~]

last[3] *vi* 1 रहना, बने रहना, चलना, टिकना, टिकाऊ होना, [This soap will last (out) two weeks], 2 पर्याप्त होना [This soap will ~ me two weeks]

lasting लास्टिङ्ग *a* 1 स्थायी, चिरस्थायी [~ peace], 2 टिकाऊ, चलनसार, पक्का, मज़बूत [~ material]; **~ness** *n* (see durability)

latch लैच *n* & *vt* 1 फाटक या दरवाज़े को बन्द करने का उपकरण, सिटकिनी, 2 खटकेदार ताला (जो दरवाजा बन्द होने पर अपने-आप लग जाता है और बाहर से खोला जा सकता है); (of door) **to be on the latch (दरवाज़े को)** केवल खटका लगा होना (न कि ताला); *vt* सटकिनी या खटका लगाना

late^1 लेट *a* (later, latest; *also* latter, last); & *n* 1 **to be late** देर करना, देर से आना या पहुंचना [He was late for dinner]; It is getting ~ देर हो रही है; **It is late in the day** (to...) *colloq* इस का समय तो निकल गया है; 2 पिछेती [~ variety of wheat], 3 (i) भूतपूर्व [the ~ Prime Minister], (ii) दिवंगत स्वर्गीय [her ~ husband], (iii) हाल का [the late floods], (iv) **of late years** पिछले कुछ वर्षों में, 4 **late fee** विलम्ब-शुल्क, 5 **later events** बाद की या उत्तरकालीन घटनाएं, 6 **latest news** बिल्कुल ताज़ा समाचार; *n* **of late** हाल में पिछले कुछ दिनों में; Reach here on Sunday **at** (the) **latest** इतवार से पहले या इतवार को पहुंच जाओ

late^2 *adv* (later, latest) 1 विलम्ब से, देर से [**Better** ~ than never]; देर तक [we sat ~], late at night बहुत रात गये, 2 late in life पिछली उमर में, वृद्धावस्था में; 3 **sooner or later** कभी न कभी, देर-सवेर, 4 (*colloq*) See you **later** ! फिर मिलूंगा!

lateen लटीन *a*. ~ **sail** तिकोना पाल

lately (usu in *neg* or *interrog* sentences) हाल में, पिछले कुछ दिनों में, कुछ समय पूर्व [Have you seen him ~ ?]

latency लेंटन्सि *n* 1 गुप्तता, गुप्त अवस्था, 2 अव्यक्तता, अव्यक्त अवस्था, 3 सुप्तावस्था; प्रसुप्ति-काल

latent लेटन्ट *a* 1 छिपा हुआ, गुप्त, प्रच्छन्न, ~ **heat** गुप्त ऊष्मा; 2 अव्यक्त, अप्रकट [~ abilities], 3 सुप्त

lateral लैट्रल *a* 1 बाज़ू का, पहलू का, बगली, पार्श्वस्थ, पार्श्वीय, पार्श्विक, 2 ~ **inversion** प्रतिबिम्ब में वस्तु का दायां भाग बायां और बायां भाग दायां प्रतीत होना, पार्श्व-परिवर्तन, 3 **lateral branch** of family किसी के भाई या बहन के वंशज

latex लेटेक्स *n* 1 *bot* पौधों का दूधिया रस, वनस्पति-दूध, रबड़-क्षीर, 2 *commerc* अपरिष्कृत रबड़

lath लाथ *n* & *vt* लकड़ी की लंबी और पतली पट्टी (वि० वह जो छत पर की स्लेटों को टेक देने वा पलस्तर को जमाने के काम आती है और जिससे जाफरी भी बनाते हैं), फट्टी, फट्टा, **lath and plaster partition** फट्टियों और पलस्तर की दीवार; *vt* (दीवार या छत पर) फट्टियां लगाना [to ~ a wall, ceiling etc]

lathe लेद *n* 1 (also **turning-~**) खराद, 2 (**also potter's ~**) (कुलाल-)चक्र, (कुम्हार का) चाक

lather लैदर *n* & *vt* & *i* 1 (साबुन की) झाग, 2 (घोड़े का) झागदार पसीना, 3 *vt* (i) (हजामत बनाते समय ठोड़ी आदि पर) झाग बनाना [to ~ one's chin before shaving] (ii) (घोड़े को) निर्दयता से चाबुक मारना, (व्यक्ति को) खूब मारना-पीटना, 4 *vi* (साबुन का) झाग बनना [This soap does not ~ well], (घोड़े का) पसीने से तर-बतर हो जाना

Latin लैटिन *n* & *a* रोम की प्राचीन एवं मध्ययुगीन भाषा, लैटिन, लातीनी, **thieves' Latin** चोरों की गुप्त भाषा; *a* रोमन जाति का, रोमन-कैथलिक मत या संप्रदाय का, **the Latin** peoples फांस, स्पेन, पुर्तगाल, इटली आदि में बसी जातियां; **Latin America** लैटिन से निकली भाषाएं (Spanish, Portuguese, etc) बोलने वाले देश जो संयुक्तराज्य अमरीका (U.S.A.) के दक्षिण में स्थित हैं; *viz* Argentina, Bolivia, Brazil, Chile, Colombia, Costa Rica, Ecuador, Mexico, Peru, Venezuela, etc.

latitude लैटिट्यूड *n* 1 उदारता (वि० धार्मिक सिद्धान्तों का अर्थ लगाने में), 2 (विचार, कार्यवाही आदि की) स्वतंत्रता, विचार-स्वातंत्र्य, मत-स्वातंत्र्य, कार्य-स्वातंत्र्य, ढील, छूट; **to allow s.o. the greatest ~** किसी को काम की पूर्ण स्वतन्त्रता देना, 3 *geog* अक्षांश, 4 (usu in *pl*) क्षेत्र, इलाका, प्रदेश [in these ~s], 5 **high ~s** धुर उत्तर या धुर दक्षिण (के प्रदेश), **low ~s** भूमध्यरेखा के निकटवर्ती प्रदेश; **latitudinal** *a* (*geog*) अक्षांश का, अक्षांश-संबंधी, अक्षांशीय

latitudinarian लैटिट्यूडिनेअ-रिअन *a* & *n* (धार्मिक विषयों में) विचार-स्वातंत्र्य का (पक्षपाती), (धार्मिक सिद्धान्तों की व्याख्या में) उदारता का (पक्षपाती), **~ism** *n* उदारवाद

latrine लट्रीन *n* शौचालय, टट्टी, संडास

latter लैटर *a* 1 (दो में से) पिछला, दूसरा (opp former), 2 **latter half** उत्तरार्द्ध, 3 **latter end** (i) (युग आदि का) अन्त, (ii) मृत्यु; **~ly** *adv* 1 युग या ज़माने के अन्तिम दिनों में, 2 हाल में, कुछ ही समय पूर्व

lattice लैटिस *n* जाफ़री, जाली; **~d** *a* जालीदार

laud लॉड *vt* प्रशंसा करना, तारीफ़ करना, गुणगान करना, स्तुति करना, सराहना: **~able** *n* प्रशंसनीय, प्रशस्य, स्तुत्य, सराहनीय, तारीफ़ के लायक

laudanum लॉड्नम *n* अफ़ीम का टिंक्चर (tincture)

laudatory लॉड-टरि *a* प्रशंसात्मक

laugh^1 लाफ़ *vi* & *t* 1 हंसना, खिलखिलाना, to ~ heartily अट्टहास करना, ठहाका मारना या लगाना, 2 to laugh at (i) हंसी उड़ाना, खिल्ली उड़ाना, मज़ाक करना, (ii) मुस्करा देना, 3 to ~ in one's sleeves (at s.o.) (किसी पर) मन ही मन हंसना; to ~ in s.o.'s face किसी की खुल्लम-खुल्ला अवज्ञा करना, के प्रति घृणा व्यक्त करना; 4 to ~ on the other (*or* wrong) side of one's face (*or* mouth) हंसी के बाद रुलाई आना, खुश होने के बाद खीजना या रोना, 5 *vt* 1 to ~ away (a suggestion etc) हंसी में उड़ा देना, हंस कर टाल देना, 6 to ~ s.o. *or* sth to scorn किसी (व्यक्ति या बात) का घोर उपहास करना, खूब मजाक उड़ाना

laugh^2 *n* हंसी, ठहाका, to burst into a ~ खिलखिला उठना, to raise a ~ हंसाना, हंसी का कारण होना या बनना, (*colloq*) to have *or* get the ~ of (*or* on) s.o. जीतते हुए प्रतिपक्षी को एकाएक हरा देना, (*also*, to have the ~ on one's side

laughable *a* हास्यजनक, हास्यास्पद

laughing *n* 1 हंसना, हंसी, मज़ाक [It is no ~ matter], 2 *comb*: **laughing gas** (= nitrous oxide) एक नशीली गैस जो बेहोश करने के काम में आती है, हास-गैस, **laughing stock** उपहासपात्र, व्यक्ति या वस्तु जिसकी प्राय: हंसी उड़ाई जाये

laughter लाफ्टर *n* 1 हंसी, 2 to burst into ~ खिलखिला उठना (also see laugh^2), 2 Homeric ~ अट्टहास

launch^1 लॉन्च *vt* & *i* 1 (प्रक्षेपास्त्र आदि) छोड़ना, फेंकना, चलाना [to ~ a missile, projectile, etc, 2 (जहाज़ को) पानी में उतारना [to ~ a ship], 3 शुरू करना, आरंभ करना [to ~ an enterprise, a movement, an offensive, a scheme, etc], 4 (किसी को) काम पर लगाना [to ~ s.o. into business], 5 *vi* to ~ out विस्तार से बोलना, 6 to ~ out at, against, s.o. (i) किसी पर प्रहार करना, पिल पड़ना, (ii) किसी को फटकार सुनाना, किसी के विरुद्ध लंबा आक्षेपपूर्ण भाषण देना, 7 to ~ out *or* forth on an enterprise उद्योग या व्यवसाय या काम शुरू करना, 8 to ~ out (into expense) अंधाधुंध खर्च करना, to ~ out into strong language कटु शब्द बोलना, कटु भाषा का प्रयोग करना; **launcher** *n* प्रक्षेपास्त्र छोड़ने से पहले उसे खड़ा करने के लिए बना ढांचा, प्रमोचित्र; **launching pad** प्रमोचन-मंच; **launching site** प्रमोचन-स्थल

launch^2 *n* 1 भाप या बिजली से चलने वाली बड़ी नौका, मोटर-लांच, 2 युद्धपोत की सबसे बड़ी नाव

launder लॉन्डर *vt* कपड़े धोना और इस्तरी करना; **launderer** *n* कपड़े धोने और इस्तरी करने वाला, धोबी, **laundress** लॉन्ड्रस *n* धोबिन

launderette लॉन्डरेंट *n* स्वचालित मशीनों से कपड़े धोने आदि का कारखाना, धुलाई-घर

laundry लॉन्ड्रि *n* 1 धुलाई के (लिए दिये गये) कपड़े, धुल कर आये कपड़े; धुलाईघर

laureate लॉरिअट *a* & *n* (see foll) जिसे लारेल की पत्तियों का हार पहनाया गया हो, काव्यश्री-विभूषित; *n* (also **poet-~**) राजकवि, राष्ट्रकवि, कवि-सम्राट्

laurel लॉरल *n* & *vt* वृक्ष-विशेष (see bay^1) की पत्तियां (जिनका बना हार विजय अथवा काव्य-यश का प्रतीक माना जाता था); विजय, सफलता, यश, कीर्ति, सेहरा, 2 **to reap, win, laurels** विजय प्राप्त करना, यश प्राप्त करना, 3 **to rest on one's ~s** (यश प्राप्त करने के बाद) और यश प्राप्त करने का प्रयत्न छोड़ देना; *vt* 1 लारेल की पत्तियों का हार पहनाना, 2 *fig* किसी के सिर पर सेहरा बांधना

laurustinus लारस्टाइनस *n* एक सदाबहार फूल-दार झाड़ी

lava लाव: *n* 1 ज्वालामुखी से निकलने वाला गरम द्रव (जो ठंडा होने पर ठोस हो जाता है), भूराल, लावा, 2 लावा की परत; ठोस लावा की किस्मों में से कोई एक

lavation लवेशन *n* प्रक्षालन, धुलाई

lavatory लैवट्रि *n* हाथ-मुंह धोने का कमरा (जिसमें प्राय: शौचस्थान भी होता है), मूत्रालय, शौचालय

lave लेव *vt* (*poet*) (हाथ-मुंह आदि) धोना, नहाना, (of stream) (मैदान आदि को) सींचना

lavender लैविन्डर *n* 1 सुगंधित फूलों वाली छोटी झाड़ी; 2 इसके फूल और डंडियां, 3 तनिक लाली लिये हुए हल्का पीला रंग, मोतिया रंग, 4 **~-water** लवंडर का इत्र, लवंडर

laverock (Sc = lark)

lavish लैविश *a* 1 बहुत फल देने वाला, 2 बेहद खर्च करने वाला, खर्चीला, अतिव्ययी, मुक्तहस्त, उदार, to be ~ of money बेहद या बे-हिसाब या निस्संकोच खर्च करना, to be ~ of praise मुक्त-कण्ठ से प्रशंसा करना, भूरि-भूरि प्रशंसा करना, to be ~ in giving मुक्तहस्त से देना, दिल खोल कर देना, 3 प्रचुर, भरपूर, बहुत अधिक [~ praise, expenditure, etc]

lavish^2 *vt* कोई काम अतिमात्रा में या बेहद करना, to ~ admiration, effort, money, etc (on s.o., sth) बहुत प्रशंसा, प्रयत्न, खर्च आदि करना

law लॉ *n* 1 विधान, विधि, कानून, जाब्ता, विधि-शास्त्र, **the law of the land** (i) देश का कानून या विधान या विधि-विधान, (ii) देश की न्याय-व्यवस्था, (iii) देश का रीति-रिवाज, देशाचार, **to lay down the law** (to s.o.) किसी पर हुक्म चलाना, आदेशसूचक लहजे में बात करना, **to be a law unto oneself** (रूढ़ियों की परवाह न करते हुए) अपने को जैसा ठीक लगे वैसा करना;

to break the ~ कानून भंग करना, **to study ~** कानून पढ़ना, विधिशास्त्र का अध्ययन करना, **to practise ~** वकालत करना, 2 वह अवस्था जिसमें लोग कानून को मानें, कानून-पालन, **law and order** हिंसा और दंगा-फ़साद की रोकथाम, कानून और शांति, 3 न्याय-व्यवस्था, अदालती कार्यवाही, मुकदमेबाज़ी, **to go to ~** (किसी पर) दावा करना; **to take the ~ into one's own hands** झगड़े का निपटारा करने के लिए (अदालती कार्यवाही करने के बजाय) बलप्रयोग करना, स्वयं न्यायाधीश बन बैठना, 4 नियम, कायदा, सिद्धांत, **~ of nature, natural ~** प्रकृति का नियम, **~s of a game** खेल के नियम, **law of gravitation** गुरुत्वाकर्षण-सिद्धांत; 5 *comb*: **~-abiding** कानून मानने वाला, शान्तिप्रिय, अमनपसन्द, **~giver, ~maker** कानून बनाने वाला, विधानकार, विधिसंहिता का रचयिता, स्मृतिकार, धर्मशास्त्र का रचयिता, **~ officer** कानूनी कार्यवाही करने वाला अधिकारी [esp. Attorney-General or Solicitor-General)

lawful *a* 1 विधिसम्मत, विधिसंगत, वैध [~ acts, the ~ ruler], कानूनी, 2 **~ child** औरस सन्तान, औरस पुत्र या पुत्री; **~ness** *n* 1 वैधता, 2 न्यायय्यता, औचित्य

lawless *a* 1 (of country etc) व्यवस्थाहीन, जहां या जब व्यवस्था और शान्ति न हो, जहां अराजकता या बदअमनी हो, 2 (of person) कानून को न मानने वाला, मनमानी करने वाला उच्छृंखल, 3 (of act) विधिविरुद्ध, अवैध; **~ness** *n* अराजकता, बदअमनी, अव्यवस्था; अन्याय, अन्धेर

lawn^1 लॉन *n* एक प्रकार का महीन या बढ़िया कपड़ा

lawn^2 *n* घास से ढकी हुई सपाट भूमि, घास का मैदान, लान; **lawn-mower** घास काटने की मशीन, घास-कतंनी

lawyer लॉ-यर *n* वकील, 2 विधिज्ञ, कानूनदां

lax लैक्स *a* 1 (of person) बेपरवाह, प्रमादी, 2 ढीला, ढील देने वाला, नरम, शिथिल [~ discipline], 3 (of conduct) प्रमादपूर्ण, बेपरवाही का, 4 किञ्चित् अशुद्ध, जो सही-सही न हो, अयथार्थ [lax use of a word], 5 **~ morals** आचार की शिथिलता, अनाचार

laxative लैक्स-टिव *a* & *n* कब्ज़ या कोष्ठबद्धता दूर करने वाली (औषध), मृदुरेचक

laxity लैक्सिटि *n* 1 बेपरवाही, 2 शिथिलता, ढील, ढिलाई [~ of discipline], 3 आचार की शिथिलता, अनाचार, 4 (of lang.) अयथार्थता, अशुद्धता, अस्पष्टता

lay^1 ले *n* 1 लघुगीत, गीति, गीतिका, 2 पक्षियों की चहचहाहट, कलरव

lay^2 *a* 1 जनसाधारण का, अविशेषज्ञ का [~ opinion], 2 पादरी वर्ग (के काम) से असंबंधित, अयाजकीय; **~ brother, ~ sister** पादरी-वेशधारी किन्तु अयाजकीय काम में लगा व्यक्ति, व्रती भाई, व्रती बहन, 3 **layman** अविशेषज्ञ, अविज्ञ जन, जनसाधारण (जो वकील या डाक्टर आदि न हो)

lay^3 *vt* (laid) I, 1 लिटाना, सुलाना, बिछाना, A shower ~s the dust वर्षा से धूल बैठ जाती है; The wind ~s the crops हवा फ़सलों को लिटा देती है, **to lay s.o. low** (घूंसा आदि मार कर) गिरा देना; बिछा देना, **to lay low an empire** साम्राज्य को तहस-नहस करना, 2 रखना स्थापित करना, लगाना [to ~ one's head on the pillow]; The next scene is laid in Delhi अगले दृश्य का घटना-स्थल दिल्ली है, **to lay s.o. to rest** किसी को दफ़नाना, 3 (of bird, fowl, etc) **to ~ eggs** अण्डे देना, 4 (i) (तथ्य, प्रश्न आदि) प्रस्तुत करना, पेश करना, [to lay the facts, question, etc before s.o.]; (ii) *Parl*: (सदस्यों के सूचनार्थ संसद् की मेज पर रखना [The Home Minister will lay the papers], II *idioms* : 1 **to lay bare** (a conspiracy etc) (गुप्त बात, षड्यन्त्र आदि) प्रकट कर देना, भेद खोलना, 2 to ~ a charge against s.o. किसी पर आरोप या इलज़ाम लगाना, 3 **to ~ claim to sth** (see claim^2), 4 to ~ a complaint शिकायत पेश करना, 5 **to lay a foundation** नींव या बुनियाद रखना, 6 **to lay a ghost** भूत भगाना, 7 **to lay (one's) hands on sth** (i) ज़बरदस्ती अधिकार या कब्ज़ा करना, (ii) ढूंढ लेना, पाना, I cannot lay my hands on the diary मुझे डायरी नहीं मिल रही है, (iii) **to lay (one's) hands on** s.o. किसी को हाथ लगाना, मारना-पीटना [How dare you ~ hands on my son?], 8 **to lay heads together** मिल के विचार करना, परस्पर विचार-विमर्श करना, 9 to lay sth to heart किसी बात पर गंभीरता से विचार करना, बात का दिल को लगना, 10 **to lay hold of** *or* on sth पकड़ना, 11 **to lay an information** अभियोगपत्र प्रस्तुत करना, 12 to ~ a mine बारूदी सुरंग बिछाना, 13 **to lay open** (a plot etc) प्रकट करना, 14 **to ~ oneself open to the charge, suspicion, etc** अपने आप को आरोप, सन्देह आदि का लक्ष्य बनाना; You lay yourself open to the charge . . . आप पर यह आरोप लगाया जा सकता है, 15 **to lay a plot** षड्यन्त्र रचना, 16 **to lay siege to (a town etc)** घेर लेना, घेरा डालना; 17 **to lay (great) store by** *or* **on sth** बहुत कदर करना, मूल्यवान् समझना, 18 **to lay stress, emphasis, on sth** किसी बात पर ज़ोर या बल देना, किसी बात को महत्त्वपूर्ण बताना; 19 **to ~ the table** *or* **the cloth** मेज लगाना; to lay the breakfast नाश्ता लगाना, 20 to ~ a tax on sth टैक्स लगाना, 21 **to ~ a trap, a snare, an ambush, etc** जाल बिछाना, घात लगाना, 22 to

~ a wager बाज़ी या शर्त लगाना, बदना, 23 **to lay waste** उजाड़ देना, वीरान कर देना [The countryside was laid waste by the invaders]; III (with *prepp* & *advv*) 1 to ~ sth **aside** (वस्त्र, मुकुट आदि) उतार कर रख देना, (काम आदि) छोड़ना, (अन्धविश्वास, पूर्वग्रह आदि) छोड़ देना [to lay aside one's superstitions, prejudices, etc], (धन आदि) बचा रखना; 2 to ~ sth **by** बचाना, जमा कर रखना [to lay by money], 3 to lay **down:** (i) **to ~ down office** पद त्यागना, पद के कार्यभार से मुक्त होना, (ii) **to ~ down one's** life (for the sake of one's country etc) प्राण निछावर करना, जान कुरबान करना, (iii) **to ~ down a condition** शर्त रखना, शर्त निर्धारित करना, to ~ down a principle सिद्धान्त प्रतिपादित या निर्धारित करना, (iv) to **~ down the law** (see law, 1), (v) **to lay down one's arms** हथियार डाल देना, आत्मसमर्पण करना, 4 to ~ s.o. **off** (कारखाने में काम न होने पर) मजदूरों को जबरी छुट्टी देना, कुछ समय के लिये हटा देना, **5 to ~ on** (पलस्तर आदि) लगाना; **to ~ it on thick** *or* **to lay it on with a trowel** बेहद प्रशंसा करना, बहुत चापलूसी करना, मक्खन लगाना, 6 to ~ **out** (i) खर्च करना [Lay out your money carefully], (ii) (बाग़ आदि का) नक्शा बनाना (बाग) लगाना, (iii) यथाक्रम रखना, करीने से रखना; 7 **to ~** s.o. **under an obligation** किसी पर एहसान करना, 8 to ~ **up** (i) भविष्य के लिए जमा कर रखना, (ii) (in *pass*) **to be laid up** (बीमारी के कारण) बिस्तर पर पड़ा होना या घर पर होना [He's laid up with flu], 9 *comb*: **lay-off** *n* (मजदूरों की) जबरी छुट्टी, कामबंदी, *adj* lay-off pay जबरी छुट्टी (के दिनों) का वेतन; **lay-out** *n* (नगर, बाग़ आदि का) नक्शा

lay^4 *n* 1 *sl* व्यवसाय, काम-धंधा, पेशा, 2 दिशा (जिसमें कोई प्रदेश या इलका स्थित हो), प्रदेश की स्थिति या रूपरेखा या आकृति, संस्थिति [**the lay of the land**, *more usu* the lie of the land (see lie^4)]

lay-day *n pl* माल लादने या उतारने के लिये मिले दिन, छूट के दिन

layer लेअर *n* & *vt* 1 तह, परत, स्तर, 2 (gardening) पौधे से बिना काटे धरती में दबाई हुई डाली (जो कुछ समय बाद जड़ पकड़ लेती है), दाबडाली, दाब-टहनी, *vt* (नया पौधा उगाने के लिए किसी पेड़ की) टहनी दबा देना

layette ले-एॅट नवजात शिशु के कपड़े, कंबल. बिछोना आदि

layman ले-मन *n* (see lay^2, 3)

lay figure ले फ़िगर *n* 1 लकड़ी का मानवाकार ढांचा (जो दर्जी के यहाँ रखा रहता है), मानवीय पुतला, 2 मामूली या नगण्य व्यक्ति

laystall ले-स्टॉल *n* कूड़े-करकट का ढेर, घूर

lazaret(to) लैज़-रॅट,-रॅटो *n* संक्रामक रोग वाले (वि० कुष्ठग्रस्त) व्यक्तियों को औरों से अलग रखने के लिए इमारत या जहाज़, संसर्ग-रोध-भवन, संसर्गरोध. पोत

laze लेज़ *vi* & *t* (*colloq*) खाली बैठे रहना, कुछ काम न करना, **to ~ away** one's time खाली बैठ कर समय बिताना, **to ~ about** आवारा फिरना

laziness *n* आलस्य, सुस्ती, काहिली

lazy लेज़ि *a* 1 आलसी, सुस्त, काहिल, निरुद्यम, बहुत धीरे-धीरे काम करने वाला, 2 ~ moments सुस्ती का समय, जब काम करने को जी न चाहे, 3 **lazy bones** *n* सुस्त या आलसी आदमी

lead^1 लॅड *n* 1 सीसा, **black ~** (=graphite) पेन्सिल का सुरमा, **white ~** सफ़ेदा (जिससे रंग-रोग़न बनाते हैं), **red ~** सिन्दूर, 2 सीसे का डला जो पानी की थाह लेने के लिए समुद्र आदि में उतारा जाता है, पानी की गहराई नापने का उपकरण, पनसाल, 3 *print* सीसे की पत्ती (जो पंक्तियों का अन्तर बढ़ाने के लिए लगाई जाती है), 4 *comb:* **lead-poisoning** सीसे का अंश पेट में चला जाने से होने वाला रक्तविकार, सीसे का विष; **leadsman** पानी की थाह लेने वाला नाविक, टोवा

lead^2 लीड *vt* & *i* 1 (led) (i) आगे-आगे चलना, पथप्रदर्शन या मार्गदर्शन करना, राह दिखाना [He led me to the hospital], (अन्धे को) हाथ पकड़ कर ले चलना, (घोड़े को) लगाम पकड़ कर ले जाना, (ii) **to lead the way (to)** आगे-आगे चलना, राह दिखाना, (iii) to lead a movement आन्दोलन का नेता होना, (iv) **to ~ a women to the altar** विवाह करना, (*v*) **to lead s.o. astray** गलत रास्ते पर डालना, बहकाना, 2 (*i*) प्रेरित करना, बाध्य करना [to ~ s.o. to do sth], (ii) कारण होना, परिणाम होना, उत्पन्न करना, I was led to the conclusion that... मैं इस परिणाम या निष्कर्ष पर पहुंचा कि ···, I was led to believe that . . . मैं ऐसा मानने लग गया कि . . .; This led to confusion इससे गड़बड़ी हो गई, **All roads ~ to Rome** एक काम करने के अनेक तरीके हो सकते हैं; 3 (i) जीवन बिताना [to ~ a happy, miserable, life], (ii) **to lead s.o. a life** *or* **a wretched life** *or* **a dog's life** किसी का जीवन दूभर कर देना, 4 **to lead** s.o. **a (pretty) dance** किसी को जान बूझकर जरूरत से अधिक थकाना, 5 (संसद् में) दल का नेता होना; **6 to ~ s.o. captive** कैदी बना कर ले जाना; **7 to ~ up to** (घटना आदि की) भूमिका-स्वरूप होना [the incidents on the border that led up to the war], 8 (*journ*) **to ~ with** मुख्य समाचार के रूप में प्रकाशित या प्रसारित करना [We'll ~ with the P.M.'s statement]

lead^{3} लीड *n* 1 नेतृत्व, मार्गदर्शन पथप्रदर्शन, to follow s.o.'s ~ किसी के दिखाये रास्ते पर चलना, किसी का अनुसरण करना, to give s.o. a ~ अपने उदाहरण से किसी को (वैसा ही करने की) प्रेरणा देना, किसी को राह पर डालना, **to take the ~** आगे-आगे होना, नेतृत्व करना, 2 अग्रता, **to take the ~ over s.o.** किसी से आगे होना; to have a ~ of five minutes (*or* fifty yards) **over s.o.** किसी से पांच मिनट (या पचास गज) आगे होना, 3 (*cards*) पहली चाल, 4 *theatr* मुख्य अभिनेता का काम या अभिनय, 5 *electr* (यन्त्र चालू करने के लिए) स्रोत से बिजली लेने का तार, मुख्य तार, अग्र तार, 6 (*journ*) ~ **story** मुख्य समाचार

leaden लेॅडन *a* 1 सीसे का, सीसे-जैसा, 2 सीसे के रंग का, सुरमई [~ clouds, ~ skies], 3 भारी, सुस्त, शिथिल [~ limbs]

leader लीडर *n* 1 नेता, नायक, अगुआ, प्रधान, प्रमुख, मुखिया, 2 पथप्रदर्शक, मार्गदर्शक, 3 *mil* दलपति, नायक, सरदार, 4 मुक़दमे की पैरवी करने वाला मुख्य वकील, 5 *Parl*: **Leader of the House** सदन का नेता, **Leader of the Opposition** विपक्ष-नेता, 6 संपादकीय लेख, अग्रलेख, **~-writer** अग्रलेखकार

leaderette लीडरेॅट *n* उपाग्र लेख (जो संपादकीय लेख के बाद आता है) संपादकीय टिप्पणी

leaderless *a* नेतारहित, नेताविहीन

leadership *n* 1 नेतृत्व, पथप्रदर्शन, मार्गदर्शन [to be under s.o.'s ~], 2 नेतागण [the ~ of a country]

leading^{1} लीडिङ्ग *n* 1 नेतृत्व, **men of light and leading** नेतृत्व करने वाले विद्वज्जन, गण्य-मान्य नेता, 2 *comb*: **leading-strings** रस्सी जिसे पकड़ कर प्राचीनकाल में बच्चा चलना सीखता था, **to be in ~-strings** शैशवावस्था या अपरिपक्वावस्था में होना

leading^{2} *a* 1 प्रमुख, प्रधान, मुख्य; **leading article** संपादकीय (लेख), 2 सब से बड़ा, महत्त्वपूर्ण [leading idea, surgeon, lawyer, etc], **~ light** (*colloq*) गण्य-मान्य व्यक्ति; बड़ा आदमी; **leading question** ऐसा प्रश्न जिसमें अभीष्ट उत्तर का संकेत भी हो, संकेतक प्रश्न

leaf लीफ़ *n* (*pl* **leaves**) & *vi* 1 पत्ता, पत्र, पर्ण 2 पंखुड़ी (esp **rose-~**), 3 पत्ती [tea-~], 4 पत्ते-पत्तियां, पत्रावली, **in leaf** जिस के पत्ते निकल आये हों 5 वरक, पन्ना, **to take a leaf out of s.o.'s book** (see book^{1}, 5), **to turn over a new leaf** अपना रंग-ढंग या आचरण सुधारना, 6 (सोने, चांदी आदि का) वरक, पत्तर, 7 (दरवाज़े का पल्ला, पट, किवाड़; 8 *comb*: **~-green** पत्ते-जैसा हरा, पर्णहरित; **~-mould** पत्तों की खाद, **~-stalk** पर्णवृन्त; **leaf** *vi* पत्ते निकलना

leaflet लीफ़्लिट *n* 1 *bot* यौगिक पत्ते का एक खण्ड, 2 नया पत्ता, कोंपल, छोटा पत्ता, पत्ती, 3 (प्रायः मुफ़्त बांटने के लिए तह किया हुआ) इश्तहार, परचा

leafy लीफ़ि *a* पत्तों वाला, पत्तेदार, पत्तों से ढका हुआ [~ vegetable]

league^{1} लीग *n* (सड़क की लबाई की नाप=) लगभग तीन मील

league^{2} *n* 1 समान हितों की रक्षा के लिए व्यक्तियों, दलों, राज्यों आदि का समझौता, गँठजोड़, **to be in league with s o.** किसी से मिला हुआ होना, के साथ सांठ-गांठ होना, 2 समझौते से बंधे हुए व्यक्तियों आदि का समूह, दल, संघ, संगठन, **The league of Nations** (1919 में स्थापित) राष्ट्र संघ (now replaced by the United Nations); *sport* परस्पर मैच खेलने वाले क्लबों या टीमों का संघ; लीग; *vt* & *i* संघ या लीग बनाना, लीग में शामिल होना [to ~ together, with]

leaguer लीगर *n* संघ या संगठन का सदस्य, लीग-सदस्य, संघी

leak^{1} लीक *n* 1 छिद्र या दरार (जिसमें से कोई द्रव टपके), **to spring a ~** छिद्र हो जाना, **to stop a ~** छिद्र बंद करना, 2 चूना, टपक, टपका, क्षरण, 3 *comb*: **leak-proof** न चूने वाला, न रिसने वाला, टपक-रहित

leak^{2} *vi* 1 (of tank, fluid, etc) टपकना, चूना, (of fluid) रिसना, 2 (of news, secret, etc) पता चल जाना, भेद खुलना, रहस्य प्रकट हो जाना

leakage लीकिज *n* 1 चूना, चुवाई, टपक, टपका, रिसाव, 2 (गोपनीय बात का) निकलना, पता चल जाना [~ of examination papers, official secrets, etc] 3 (धन का) उड़ा लिया जाना, ग़ायब होना

leaky लीकि *a* 1 जिसमें छिद्र हो, छेददार, छिद्रित, (of boat) जिसमें पानी भर आये, 2 टपकने या चूने वाला, 3 जो मूत्र न रोक सके, 4 जो बात गुप्त न रख सके, जो बात पचा न सके, भेद खोल देने वाला

leal लील *a* (*s* & *liter*) वफ़ादार, विश्वस्त, विश्वासपात्र, ईमानदार, सच्चा

lean^{1} लीन *a* & *n* 1 (of person) दुबला-पतला, कृशकाय, क्षीणकाय, 2 **~ diet** अपौष्टिक आहार, सादा या हल्का भोजन, अल्प आहार, 3 **~ meat** बिना चर्बी का गोश्त, 4 **~ years** अनाज की कमी वाले वर्ष अकाल या दुर्भिक्ष के वर्ष; मन्दी के वर्ष; *n* बिना चर्बी का गोश्त; **~ness** *n* दुबलापन, कृशता

lean^{2} *vi* & *t* (*pt* & *pp*. leaned *or* leant) 1 किसी चीज़ का सहारा लेना, टेक लेना, टेक लेकर खड़ा होना [to **~on** one's elbow, to **~ against** the wall], किसी व्यक्ति का सहारा या आश्रय लेना [to **~ on** s.o.], 2 शरीर को झुकाना, झुकना [to **~ back, forward, over, towards**]; (of wall etc)

एक ओर को झुकना, तिरछा होना, (of person) झुक कर खड़ा होना, 3 ढासना लगाना [to ~ back in the chair], 4 प्रवृत्ति होना, झुकाव होना [to lean to a view, person, cause, etc]; *vt* किसी के सहारे खड़ा करना, टिकाना, लगाना [to ~ a ladder against a wall]; **lean-to** *n* इमारत जिसकी छत दूसरी इमारत की दीवार के सहारे खड़ी हो; **lean-to roof** एक-ओर ढालू छत, एकढाल छत, *n* झुकाव, ढाल

leaning लीनिङ्ग *n* झुकाव, रुझान, प्रवृत्ति [He has ~s towards socialism]

leap^1 लीप *vi* & *t* (*pt* & *pp*, leapt *or* leaped) 1 उछलना, कूदना, छलांग मारना, फलांगना, 2 झट से पकड़ लेना या स्वीकार कर लेना [He leapt at the opportunity, offer, etc]; **Look before you ~** (see look^1, 1), 3 (of flame), **to ~ up** (ज्वाला का) एकाएक ऊपर को उठना; 4 *vt* कूद कर लांघना, फांदना [to ~ a wall]

leap^2 *n* 1 कूद, कुदान, छलांग, फलांग, **to take a leap in the dark** आंखें बंद करके कूदना, अंधेरे में छलांग लगाना, *fig* परिणाम जाने बिना कार्यवाही करना, 2 to advance **by leaps & bounds** (see bound^2, *n*), 3 **leap day** २६ फरवरी, **leap year** अधिवर्ष (जिसमें ३६६ दिन होते हैं)

learn लर्न *vt* & *i* (*pt* & *pp*. learnt, learned) 1 पढ़ना, अध्ययन करना [to ~ one's **lessons**], शिक्षा प्राप्त करना, सीखना [to ~ how to swim etc], ज्ञान प्राप्त करना; It is never too late to learn सीखने का समय सदा ही होता है, 2 जानना, को पता लगना [I learnt that he was *ill*]; 3 **to ~ sth by heart** *or* **rote** कण्ठस्थ करना, याद कर लेना, 4 *vi* to ~ **of** sth पता लगना, ख़बर पाना, सुनना [I learned of his illness]

learned लर्निड *a* 1 विद्वान्, पंडित, विज्ञ, 2 (of words etc) पंडिताऊ, (of discourse etc) पांडित्यपूर्ण, 3 विद्वानों का, पढ़े-लिखे लोगों का, विद्वत्- [the ~ professions]

learner लर्नर *n* 1 सीखने वाला, शिक्षार्थी, शिष्य, 2 नौसिखुआ

learning लर्निङ्ग *n* सीखना, पढ़ना, शिक्षा, शिक्षण 2 विद्वत्ता, पांडित्य [a man of ~]; ज्ञान, विद्या, seat of ~ ज्ञान-केन्द्र, विद्या का केन्द्र

lease^1 लीस *n* 1 पट्टा, **to take land on ~** पट्टे पर जमीन लेना; 2 (to get *or* give s.o.) **a new lease of life** (रोग, चिन्ता, आदि से मुक्त होने के कारण) कुछ दिन और जीने की आशा या संभावना, नया जीवन; 3 *comb*: **~-deed** पट्टानामा, **~-hold** (i) पट्टे की जमीन, (ii) पट्टेदारी; **~holder** पट्टे पर ज़मीन लेने वाला; पट्टाधारी

lease^2 *vt* to ~ **(out)** पट्टे पर देना, किराये पर देना, 2 पट्टे या किराये पर लेना

leash लीश *n* & *vt* 1 (कुत्ते का) पट्टा, रस्सी, ज़ंजीर, **to hold in ~** नियन्त्रण या काबू में रखना, **on the leash** पट्टे या रस्सी से बंधा हुआ, **to strain at the ~** (*fig*) स्वतन्त्र होने या कोई काम शुरू करने को उत्सुक या अधीर होना, 2 तीन (कुत्तों, ख़रगोशों आदि) की टोली, त्रिक, *vt* पट्टा लगाना, रस्सी या ज़ंजीर से बाँधना

least लीस्ट *a*, *n* & *adv* सब से छोटा, छोटे से छोटा, अल्पतम, न्यूनतम, लघुतम, **~ common multiple** (see multiple); *n* अल्पतम मात्रा या परिमाण, अणुमात्र; **to say the least of it** यदि अधिक न कहना हो तो, इतना जरूर कहना होगा कि...; The ~ said the better चुप रहना सबसे अच्छा है; **at least** कम से कम, चाहे कुछ ही क्यों न हो, बहर हाल; **(not) in the least** अणुमात्र भी (नहीं), तनिक भी (नहीं), बिल्कुल (नहीं) [It does not matter in the ~]; *adv* सबसे कम [the ~ deserving etc]

leastways लीस्ट्वेज़ *adv* (*vulg*) कम से कम, बहर हाल

leat लीट *n* (पनचक्की आदि तक पानी पहुंचाने वाली) नहर, कुल्या

leather लेदर *n* & *vt* चमड़ा, चर्म, *vt* 1 चमड़ा मढ़ना, 2 किसी की मरम्मत या पिटाई करना

leathery *a* (of food, esp of meat) चमड़े-जैसा, चर्मवत्, सख़्त, कड़ा, चीमड़

leave^1 लीव *n* 1 इजाजत, अनुमति, अनुज्ञा, **by** *or* **with your leave** आपकी इजाजत या अनुमति से, **leave (of absence)** छुट्टी, अवकाश, **to be on ~** छुट्टी पर होना [He went home on ~], 3 **French ~** बिना छुट्टी की अनुपस्थिति, (also see French); 4 **to take leave** विदा होना, **to take (one's) leave of s.o.** किसी से विदा लेना, 5 **to take ~ of one's senses** पागल होना, 6 *comb*: **~-taking** विदाई

leave^2 *vt* 1 छोड़ना, त्यागना [to ~ a job], 2 (i) स्थान छोड़ना, स्थान से जाना, निकलना [to ~ home, to ~ the room], (ii) *abs* प्रस्थान करना, रवाना होना, चलना [When does the train ~ ? We ~ tomorrow morning], 3 रहने देना [L~ the door open]; **L~ it at that** (*colloq*) यहीं तक रहने दो, अधिक कहने या करने की जरूरत नहीं है, 4 (i) बाकी बचना [Three from seven leaves four], (ii) (in *pass*) Nothing is left कुछ नहीं बचा है, 5 (अमानत के तौर पर) रखना, रख आना, दे आना [I left my money **with** him], 6 छोड़ मरना, छोड़ जाना, किसी के नाम कर जाना [He left his money **to** his nephew], 7 *misc expressions*: (i) **to ~ s.o. alone** से वास्ता न रखना, के काम में दख़ल न देना, न छेड़ना; **to ~ sth alone** न छूना, न छेड़ना, (ii) **to ~ s.o. to himself** को सलाह या निर्देश न देना, को खुला छोड़ देना,

(iii) **Leave it to me** यह(काम) मुझ पर छोड़ दो, मैं इसे निपटा लूंगा, (iv) **This leaves me cool** *or* **cold** मैं इस से प्रभावित या उत्साहित नहीं हुआ हूं; (v) **This leaves much to be desired** यह सन्तोषजनक नहीं हैं; और सुधार की आवश्यकता है, **leaves nothing to be desired** संतोषजनक है; 8 (*with prepp & advv*) **to ~ behind** (i) (भूल से) छोड़ जाना या छोड़ आना, भूल आना [I left my umbrella behind]; (ii) (प्रतिपक्षी आदि से) आगे निकल जाना; **to ~ off** काम छोड़ना, छुट्टी करना, **to ~ out** (a word, line etc) छोड़ देना, निकाल देना, हटा देना

leaven^{1} लें`वन *n* 1 ख़मीर, 2 *fig* स्वभाव, रुचि, प्रवृत्ति आदि में परिवर्तन लाने वाली चीज़ या बात; पुट, चाशनी [the ~ of wit in his writings]

leaven^{2} *vt* 1 खमीर उठाना, 2 किसी वस्तु में व्याप्त होकर परिवर्तन लाना, अच्छा प्रभाव डालना, सुधार करना, नरम करना, 3 पुट मिलाना [writings ~ed with wit]

leaving लीविङ्ग *n* 1 बची-खुची चीज़; अवशेष; 2 **~s** जूठन

lebensraum G लें`बन्ज़्राउम *n* वह इलाका जिसे जर्मन जाति अपने राष्ट्रीय विकास के लिए आवश्यक समझती थी; (शब्दार्थ — रहने की जगह)

lecher लें`चर *n* व्यभिचारी पुरुष

lecherous लें`चरस *a* व्यभिचारी, लम्पट, विलासी; **~ness, lechery** लें`चरि *nn* कामुकता, लम्पटता, विषयासक्ति

lectern लें`क्टर्न *n* गिरजाघर में बाइबल पढ़ने या भजन गाने की ढालुआं मेज़, डेस्क

lecture^{1} लें`क्चर *n* 1 (जनसमुदाय या कक्षा के सामने किसी विषय पर दिया गया) भाषण, प्रवचन, व्याख्यान, लेक्चर [to give, deliver, a ~], 2 झाड़, डांट-डपट, फटकार, भर्त्सना [**to read s.o. a ~**]

lecture^{2} *vi & t* 1 भाषण देना या करना, प्रवचन करना, व्याख्यान देना, लेक्चर देना [to ~ on Vedanta, history, etc], 2 *vt* झाड़ना, झिड़कना, डांटना, फटकारना, भर्त्सना करना [to ~ s.o. **for** sth]

lecturer लें`क्चरर *n* 1 भाषणकर्ता, व्याख्यानदाता, 2 अध्यापक, प्राध्यापक

lectureship लें`क्चर्शिप *n* प्राध्यापकपद

ledge लें`ज *n* 1 दीवार से बाहर को निकली हुई सीमेंट आदि की पट्टी, ताक, 2 चट्टान का बाहर को निकला हुआ भाग, कगर, 3 चट्टानों की कतार या श्रेणी (वि० जलमग्न)

ledger लें`जर *n* 1 खाता, खाता-बही, लेखा-बही, 2 कब्र की सिल

lee ली *n* 1 (निकटवर्ती वस्तु द्वारा की गई) ओट, आड़, **under the lee of** की ओट में, 2 **lee (side)** हवा से बचा हुआ स्थान, 3 **lee shore** निवात-तट; 4 **leeway** जहाज़ का (अपने मार्ग के) प्रवात पार्श्व से हटते हुए निवात पार्श्व की ओर जाना, हवा के रुख़ से बचकर हवा से रक्षित दिशा में जाना, **to make up leeway** खराब स्थिति से निकल कर ठीक स्थिति में आने की कोशिश करना, कमी पूरी करना; **He has much leeway to make up** वह बहुत पिछड़ गया है

leech^{1} लीच *n* 1 जोंक; **to stick like a ~** जोंक की तरह चिपक जाना, पीछा न छोड़ना; 2 *fig* लोगों को मूंडने या लूटने वाला व्यक्ति, जोंक

leech^{2} *n* (*arch, poet, or joc*) 1 चिकित्सक, वैद्य, 2 **~craft** चिकित्सापद्धति, चिकित्सा-विद्या

leek लीक *n* प्याज़ जैसी वनस्पति जिसकी गांठ लंबोतरी होती है, गन्दना

leer लिअर *vi & n* बुरी नीयत या कामवासना या व्यंग्य-भावना से (प्रायः तिरछी नज़र से या कनखियों से) देखना, बुरी नज़र से देखना, *n* बुरी नज़र, व्यंग्यमय चितवन, तिरछी नज़र या चितवन

lees लीज़ *n pl* 1 तलछट, **to drink, drain, to the lees** (i) सारा प्याला पी जाना; *fig* पूरा आनन्द या मज़ा लूटना, 2 निकम्मा या निष्कृष्ट अंश, कूड़ा-करकट [the ~ of society]

leeward लीवर्ड *n, a & adv* हवा से बची हुई तरफ़ या दिशा, ओट दिशा, प्रतिवात दिशा; to fall to ~ हवा से सुरक्षित दिशा में जाना, प्रतिवात दिशा में जाना, on the ~ of की ओट में; *a* प्रतिवात दिशा में स्थित, ओट दिशा में स्थित; *adv* प्रतिवात दिशा में, **leewardly** *a* (of ship) प्रतिवात दिशा में जाने वाला

left लें`फ़्ट *a, adv & n* बायाँ, वाम, ~ bank of a river बहाव की ओर मुंह करके खड़े व्यक्ति के बायें हाथ वाला तट, बायां तट, **~ hand** बायां हाथ [at, on, to, one's hand]; **left wing** (राजनीतिक दल का) वाम पक्ष, **~-winger** वाम पक्ष का सदस्य (see 2 below); *adv* बायीं ओर, बायें हाथ (को) *n* 1 बायां हाथ, वाम पार्श्व, 2 संसद् के अधिक लोकतन्त्रवादी सदस्य (जो सदन में सभापति के बायें हाथ बैठते हैं), (धार्मिक संप्रदाय के) अधिक प्रगतिशील सदस्य, वाम पक्ष; वाम पन्थ; **leftism** वाम पन्थ (के सिद्धान्त); **leftist** वामपन्थी

left-handed लें`फ़्ट्हैन्डिड *a* 1 जिसका बायां हाथ दाहिने की अपेक्षा अधिक चलता हो, बायें हाथ से काम करने वाला, खब्बा, 2 अनाड़ी, फूहड़, अकुशल, 3 बायें हाथ का [~ blow], 4 **left-handed compliment** द्व्यर्थक शब्दों में प्रशंसा, दिखावटी प्रशंसा, 5 **~ marriage** कुलीन पुरुष का हीन कुल की स्त्री से विवाह (ऐसी मूलतः जर्मन प्रथा जिसमें वर वधू को बायें हाथ से ग्रहण करता था) (also see morganatic) 6 (of screw) वामावर्ती

left-hander लें`फ़्टहैन्डर *n* 1 बायें हाथ से काम करने वाला, खब्बा आदमी, 2 बायें हाथ का घूंसा

leftover *a & n* 1 बचा हुआ (काम, धन, भोजन

आदि), अवशिष्ट, अवशेष, 2 *n* बचा-खुचा भोजन

lefty लें'फ़्टि *n* (*colloq*) बायें हाथ से काम करने वाला, खब्बा

leg लें'ग *n* 1 लात, टांग; (पशु-पक्षी आदि का) पैर, पंजा, 2 *idioms:* (i) **to be on one's legs** खड़ा होना, खड़ा रहना (वि० भाषण देने के लिए), *fig* अच्छी आर्थिक दशा में होना, (ii) **to set s.o. on his legs** किसी को फिर खड़ा करना; *fig* किसी का कारोबार चला देना, (iii) **to stand on one's own legs,** अपने पैरों पर खड़ा होना, आत्मनिर्भर होना, स्वावलंबी होना, **He has not a leg to stand on** वह अपने कथन के समर्थन में कोई तथ्य या तर्क नहीं प्रस्तुत कर सकता; (iv) **to be on one's last legs** मरणासन्न होना, अन्त समीप होना, (v) **to feel, find, one's legs** खड़ा हो सकना, चल सकना, *fig* अपना कारोबार चल निकलना; (vi) **to pull s.o.'s leg** (*colloq*) मज़ाक़ में ग़लत बात का विश्वास दिलाने की कोशिश करना, किसी को उल्लू बनाना, बहकाना, (vii) **to shake a leg** (*sl*) नाचना, नृत्य करना, (viii) **to stretch one's legs** (वि० बहुत देर बैठे रहने के बाद) सैर को निकलना, घूमने जाना; 3 (मेज, कुर्सी आदि की) टांग, पाया, 4 (मशीन आदि की) टेक, थूनी, 5 *crick* बल्लेबाज के पीछे के मैदान का बायां अथवा दाहिना भाग, **leg stump** इस भाग के निकट की विकिट, **leg before wicket** = **l.b.w.** (see *abbrs*), 6 (वि० विमान से की गई) यात्रा का चरण [He has arrived in New **Delhi on the first leg of the tour**], (also see lap); 7 **leg-pull, leg-pulling** (*colloq*) मज़ाक में किसी को बहकाने की कोशिश (see 1, vi)

leg^2 *vt* (-gg-) **to leg it** (*colloq*) (i) पैदल चलना या जाना, पांव-पांव जाना. (ii) तेज़-तेज़ चलना या भागना

legacy लें'ग-सि *n* 1 वसीयत द्वारा दिया गया या मिला धन या संपत्ति, उत्तराधिकार में मिला धन या जायदाद, पूर्वजों से प्राप्त धन आदि, बपौती, दाय, रिक्थ, **to come into a ~** दाय पाना या मिलना, 2 **legacy-hunter** दाय की अभिलाषा से किसी से स्नेह करने वाला, दायाभिलाषी, दायलोभी

legal लीगल *a* 1 कानूनी, वैध, विधिसम्मत [~ govt, heir, etc], 2 कानून-संबंधी, विधि-संबंधी, वैधिक, **legal aid** ग़रीबों के मुकदमों की पैरवी के लिए सरकारी कोष से वकीलों को फ़ीस देने की व्यवस्था, मुफ़्त कानूनी मदद, 3 कानूनी, अदालती, न्यायिक [~ remedy, process, action, etc] 4 न्याय्य उचित, नियमानुसार, 5 **legal tender** वैध मुद्रा

legality लिगैलिटि *n* 1 वैधता, 2 न्याय्यता, औचित्य

legalize लीगलाइज़ *vt* 1 वैध या न्याय्य या उचित ठहराना [to ~ an act], 2 कानूनी या वैधिक रूप देना [to ~ a document]

legate^1 लें'गिट *n* 1 पोप का दूत, 2 *arch* प्रतिनिधि, दूत, राजदूत

legate^2 लिगेट *vt* वसीयत द्वारा किसी को (संपत्ति) देना; **legatee** लें'ग-टि *n* दाय पाने वाला, दायाद, दायभागी, रिक्थभागी, रिक्थी, वसीयतदार

legation लिगेशन *n* 1 दूतमण्डल, 2 दूतपद, 3 दूतावास, दूतघर

legend लें'जन्ड *n* 1 आख्यान, पौराणिक कथा, प्राचीन या परम्परागत कथा (जिसे प्रायः ऐतिहासिक माना जाता है) पुरावृत्त, 2 काल्पनिक कथा, दन्तकथा, 3 *hist* सन्त महात्माओं की कथाओं का संग्रह; 4 सिक्के या पदक पर लिखे हुए शब्द, मुद्रालेख, 5 नक्शे में प्रयुक्त प्रतीकों या संकेताक्षरों की व्याख्या, संकेतिका, 6 *print* शीर्षक

legendary लें'जन्ड्रि *a* प्राचीन या परम्परागत कथाओं में वर्णित, पुरावर्णित [~ hero], पौराणिक

legerdemain लें'जर-डमेन *n* 1 हाथ की सफ़ाई, हस्त-कौशल, हस्तलाघव, करतब, मदारी का खेल, जादूगरी, 2 धोखा, छल, प्रवंचना; वाक्छल

legging लें'गिङ्ग *n* (usu in *pl*) (प्रायः घुटनों तक का) तंग पायजामा; टांगों के लिए चमड़े आदि का आवरण, टांगत्राण

leggy लें'गि *a* (esp. of boy, colt, puppy) पतली और लंबी टांगों वाला, लमटंगा

leghorn लें'गहॉर्न *n* 1 मुर्गे की तरह का छोटा पालतू पक्षी, 2 (हैट आदि के लिए) चटाई की शक्ल में बुना हुआ भूसा, इस का बना हैट

legibility *n* सुपाठ्यता, सुवाच्यता

legible लें'जिबल *a* जो आसानी से पढ़ा जा सके, सुपाठ्य, सुवाच्य, साफ़-साफ़ लिखा हुआ, स्पष्ट; **legibly** *adv* साफ़-साफ़ [to write legibly]

legion लीजन *n* 1 रोमन सेना (में 300-600 आदमियों का डिवीज़न), 2 **foreign ~** (किसी देश वि० फ़्रांस की सेना में) विदेशी सैनिकों की टुकड़ी, 3 अपार जनसमुदाय, बहुत बड़ी फ़ौज, बहुत बड़ा लश्कर, बहुत बड़ी संख्या; **Their name is Legion, They are legion** वे असंख्य या बेशुमार हैं

legionary लीज-नरि *a* & *n* सेना का, सेना-संबंधी, *n* सैनिक, सिपाही

legislate लें'जिस्लेट *vi* कानून बनाना

legislation लें'जिस्लेशन *n* कानून बनाना, विधिनिर्माण, 2 कानून, विधि, विधान, व्यवस्था

legislative लें'जिस्लटिव *a* 1 कानून या विधान बनाने का, विधायी [~ function], 2 कानून या विधान बनाने वाला, the **Legislative Assembly** विधान सभा; the **Legislative Council** विधान-परिषद्

legislator लें'जिस्लेटर *n* कानून या विधान बनाने वाला, विधानसभा आदि का सदस्य, विधायक

legislature लें'जिस्लेचर *n* (राज्य या देश की) कानून बनाने वाली सभा या परिषद्, विधान सभा,

विधान परिषद्, विधान सभा और विधान परिषद्, संसद्

legist लीजिस्ट *n* विधिज्ञ, विधिवेत्ता, विधिशास्त्री, कानूनदां

legitimacy लिजिट-मसि *n* (see foll) 1 औरसता, 2 वैधता, प्रामाणिकता, न्याय्यता, औचित्य

legitimate^1 लिजिटिमट *a* 1 (of child) विधिपूर्वक विवाहित दंपती की संतान, औरस, 2 (of activity etc) वैध, प्रामाणिक, नियमानुसार, उचित, असली [the ~ drama], 3 (of reasoning, judgement, etc) मान्य, न्याय्य, तर्कसंगत, युक्तियुक्त

legitimate^2 लिजिटिमेट *vt* (आदेश या कानून के द्वारा) वैध बनाना; (प्रमाण दे कर) तर्कसंगत या उचित सिद्ध करना; **legitimation** *n* वैधीकरण, प्रमाणीकरण

legitimatize, legitimize *vt* =legitimate^2

legume, legumen (लें`ग्यूम, लें`ग्यूमन) *nn* 1 फली, शिम्ब, 2 सब्ज़ी, तरकारी

leguminous लि-ग्यूमिनस *a* फलीदार, शिम्बी

leisure लें`श्ज़र *n* ख़ाली समय, अवकाश, फ़ुरसत, [I have no ~ to play games, no ~ for sport], **to be at leisure** ख़ाली समय होना, to do sth **at leisure** कोई काम आराम से या बिना हड़बड़ी के करना; **at one's ~** ख़ाली समय में, फ़ुरसत होने पर [I'll look through your essay at my ~]

leisured *a* जिसके पास ख़ाली समय हो, फ़ुरसत वाला [the ~ classes]

leisurely लें`श्ज़र्-लि *a* & *adv* जिसके पास ख़ाली समय हो, जिसे जल्दी या उतावली न हो, 2 आराम से किया हुआ या किया जाने वाला, ~ **pace** धीमी चाल, मन्थर गति; *adv* आराम-आराम से, बिना उतावली या हड़बड़ी के

leitmotiv, -if G लाइट्मोटीफ़ *n* 1 विशेष व्यक्ति या भाव से संबंधित संगीत, विशिष्ट स्वरलहरी

lemma लें`म: (*pl* ~**ta**, ~**s**) 1 आगे (तर्क करने में प्रयुक्त) तर्कवाक्य, 2 (साहित्यिक रचना, टीका आदि का) विषय, (विषय-सूचक) शीर्षक, 3 (चित्र का) विषय, शीर्षक, 4 *math* प्रमेयिका

lemon लें`मन *n* 1 नींबू (का फल या पेड़), 2 *comb*: **lemon-drop** नींबू के स्वाद वाली मीठी गोली, खट्टी-मीठी गोली; ~**-squeezer** नींबू-निचोड़

lemonade लें`मनेड *n* नींबू-पानी, नींबू-सोडा

lemur लीमर *n* रात में निकलने वाला थूथनीदार बन्दर (esp. of Madagascar), निशाकपि, लीमूर

lend लें`न्ड *vt* (lent) 1 उधार देना, क़र्ज़ देना, सूद पर देना, 2 थोड़े समय के लिए देना, 3 (पुस्तक आदि) किराये पर देना, 4 (शोभा, गौरव, शान आदि से) युक्त करना, प्रदान करना [to ~ a charm, dignity, to sth], 5 **to lend a (helping) hand** हाथ बटाना, सहायता करना (also see hand^1), 6 **to lend an ear, to lend one's ears** ध्यान से सुनना, 7 **to ~ itself to** किसी प्रयोजन के अनुकूल होना, काम आ सकना, उपयोग में आ सकना [The Ashram ~s itself to meditation; this phrase ~s itself to two interpretations]

lender *n* 1 उधार देने वाला, उधारदाता, ऋणदाता, 2 किराये पर देने वाला, **lending** *n* & *a* उधार देना, किराये पर देना, *a* उधार देने वाला, किराये पर देने वाला, **lending library** परिदायी पुस्तकालय

lend-lease लें`न्ड-लीज़ *n* & *vt* अमरीका द्वारा मित्र राष्ट्रों के सैनिक अड्डे इस्तेमाल करने के बदले में उन्हें साज़-सामान देने का (1941 का) समझौता, *vt* इस समझौते के अनुसार साज़-सामान देना

length लें`ङ्ग्थ *n* 1 लंबाई, आयाम, विस्तार, फैलाव, **to keep s.o. at arm's length** किसी से निकट संबंध या घनिष्ठता न रखना (also see arm^1), 2 समय, मुद्दत, अरसा, देर, a stay of some ~ कुछ समय का निवास; ~ of service सेवाकाल, 3 प्रतियोगिता में भाग लेने वाली वस्तु की अपनी लंबाई [to win by a ~, two ~s, etc], 4 विस्तार, ब्योरा, **to speak at some, great, length** कुछ, बड़े, विस्तार से कहना, 5 (usu with go) सीमा, हद; **He would go to any length(s)** वह किसी भी हद तक जा सकता है; वह रुकने, हटने या झिझकने वाला नहीं है; वह कुछ भी कर सकता है; [He will not go to the ~ of asserting...], 6 *pros* (स्वर की) मात्रा, 7 *crick* विकिट से उस स्थान की दूरी जहां गेंद आ के पड़े, **good-length ball** (विकिट से) ठीक दूरी पर पड़ने वाली गेंद, 8 खास लंबाई का टुकड़ा [suit ~]; 9 **at length** (i) विस्तार से, विस्तारपूर्वक (also at some great, full, ~; see 4 above), (ii) बहुत समय के बाद, अन्त में, आख़िरकार

lengthen लें`ङ्ग्थन *vt* & *i* 1 लंबा करना या होना, विस्तार करना या होना, विस्तृत करना या होना, फैलाना, बढ़ाना, बढ़ना [to ~ life etc], 2 *pros* (स्वर को) दीर्घ करना

lengthiness *n* लंबाई, विस्तार

lengthways *adv* लंबान में, लंबाई के रुख़, लंबाई के बल

lengthwise *adv* & *a* 1 *adv* = lengthways, 2 *a* लंबाई में, लंबाई के रुख़ [~ cut, measurement, etc]

lengthy लें`ङ्ग्थि *a* (of speech, writing, etc) लंबा, लंबा-चौड़ा, विस्तारमय, उकता देने वाला

leniency लीनिअन्सि *n* (f. foll) नरमी, हल्कापन, दया मृदुता, सौजन्य

lenient लीनिअन्ट *a* (of person) नरम, नरमदिल, मृदु-स्वभाव, सदय, उदार, लिहाज़ करने वाला

[~ to, **towards**], 2 (of punishment etc) नरम, हल्का, मामूली, नरमी का

lenitive लें'निटिव *a* & *n* पीड़ा दूर करने की (औषध) पीड़ाहर, प्रशामक

lens लें'न्ज़ *n* (*pl* **-ses**) प्रकाश की किरणों को केन्द्रित अथवा विकेन्द्रित करने वाला शीशा; दूरबीन कैमरे आदि का शीशा, लेन्स

Lent लें'न्ट *n* ईस्टर से पहले फरवरी-मार्च के लगभग ४५ दिन जिनमें से रविवारों को छोड़ शेष ४० दिन ईसा की स्मृति में उपवास किया जाता है, चालीसा, लेन्ट; **~en** *a* लेन्ट के अनुकूल या अनुरूप, **~en fare** निरामिष आहार, **~en face** उदास चेहरा, म्लान मुखाकृति

lenticular लें'न्-टिक्युलर **lentiform** लें'न्टिफ़ार्म *aa* 1 (f. foll) मसूराकार, 2 (f. lens) लेन्स के या आंख के शीशे के आकार का, उभय-उन्नतोदर

lentil लें'न्टिल *n* मसूर (दाल), दाल का पौधा

leo लीओ *n* (*astrol*) सिंह (राशि)

leonine लीअ-नाइन *a* सिंह का, सिंह-जैसा

leopard लें'पर्ड *n* चीता, तेंदुआ; **Can the leopard change his spots ?** क्या स्वभाव बदल सकता है ?

leper लें'पर *n* कुष्ठ रोगी, कोढ़ी

lepidopteron, लें'पिडों'प्टरन *n* (*pl* **-tera**) पपड़ीदार पंखों वाला जीव, पतंगा, तितली, शल्कपंखी

lepidopterous लें'पिडों'प्टरस *a* पंतगे का, तितली का, पंतगे-जैसा, तितली-जैसा, शल्कपंखीय

leporine लें'पराइन *a* ख़रगोश या शशक जाति का, शशकजातीय, शशजातीय

leprechaun लें'प्रकॉन *a* (Irish *myth*) भूत, प्रेत, भूतना, परी

leprosy लें'प्रसि *n* कोढ़, कुष्ठ, *fig* भ्रष्टाचार; **leprous** लें'प्रस *a* 1 कोढ़ का, कोढ़-जैसा, 2 कुष्ठपीड़ित, कुष्ठग्रस्त, कोढ़ी

lese-majesté F लेज़-मैज़्जें'स्ते *n* 1 = foll, 2 *joc* (छोटों की) मनमानी कार्यवाही, औद्धत्य, उद्धतता

lese-majesty लीज़ मैजिस्टि *n* (*civil law*) राजद्रोह, विद्रोह, बगावत

lesion लीश्ज़न *n* 1 घाव, क्षत, 2 *path* शरीर के किसी अङ्ग की रचना में विकार, ख़राबी

less लें'स *a*, *prep*, *n* & *adv*, 1 (of size, quantity, degree, duration, number, etc) कम, थोड़ा, अल्पतर, न्यूनतर, of ~ importance कम महत्व का, ~ difficulty कम या थोड़ी कठिनाई; 2 *prep* से कम, घटा कर, कम कर के, काट कर, a year ~ three days एक वर्ष से तीन दिन कम Purchase price less **10%** क्रयमूल्य से १० प्रतिशत कम; *n* कम, थोड़ा, कम या थोड़ी मात्रा या संख्या [I cannot accept ~]; (*joc*) **in less than no time** तुरन्त, फ़ौरन्, *adv* कम, थोड़ा, **[Talk less; work more]**; थोड़ी मात्रा में, थोड़ी हद तक, और भी कम [Do not suspect him of negligence, much (*or* still) less of dishonesty]

lessee लें'सी *n* (ज़मीन, मकान, थियेटर आदि का) पट्टेदार, पट्टाधारी, किरायेदार

lessen लें'सन *vi* & *t* घटना, घटाना, कम होना या करना, छोटा होना या करना

lesser लें'सर *a* 1 (अपेक्षाकृत) छोटा या कम, लघुतर, अल्पतर, न्यूनतर [to choose the lesser evil], 2 मामूली, साधारण [the ~ evils of life]

lesson लें'सन *n* 1 पाठ, सबक, 2 पढ़ने का (नियत) काल, अध्ययन काल, 3 (in *pl*) (किसी विषय की) शिक्षा, शिक्षण, अध्ययन, अध्यापन ; **to give lessons in** (a subject) पढ़ाना, **to take lessons in** (a subject) पढ़ना, सीखना, 3 उदाहरण, घटना, दण्ड आदि जिससे शिक्षा, प्रोत्साहन या चेतावनी मिले, सीख, सबक [to draw a ~ **from** sth], 4 *eccl* (गिरजाघर में प्रातः सायं होने वाला) बाइबल का पाठ (**first** ~ पुरानी बाइबल का, **second** ~ नई बाइबल का)

lessor लें'सॉर *n* पट्टे पर देने वाला, पट्टादाता, पट्टाकर्ता

lest लें'स्ट *conj* 1 ऐसा न हो कि, **lest** we forget कहीं हम भूल न जायें, 2 (after fear *vb* or *n* or similar wds) कि; I feared (*or* I was afraid) **lest** I should fall मुझे डर था कि मैं गिर जाऊंगा

let¹ लें'ट *n* (*arch*) रुकावट, विघ्न, बाधा, [**without let or hindrance** किसी प्रकार की रुकावट के **बिना]**

let² *vt* & *aux*, I *vt* 1 (i) करने की अनुमति देना, करने देना, होने देना, [to let s.o. do sth], (ii) to let **drop** *or* **fall** गिरने देना, *fig* पता लगने देना, **to let drop** *or* **fall a hint** इशारा देना, [He let fall a hint of his intentions], (iii) **to let go** (व्यक्ति को) जाने देना, (पकड़ी हुई चीज़ को) छोड़ देना [He let go the rope], (iv) to let s.o. know किसी को बताना, (v) **to let blood** चीरा दे कर रोगी का खून निकालना, 2 किराये पर देना, भाड़े पर उठाना [to let a house, farm, etc]; **House to let** (elliptical for 'House is to be let') मकान किराये के लिए ख़ाली है, II (with *prepp etc*) 1 (i) **to let alone** किसी के काम में दखल न देना, (ii) **let alone** (*imper*) कहने की जरूरत नहीं है कि [I am too tired to walk, let alone run], 2 **to let down** (i) नीचे करना, उतारना [to let down a bucket into the well], (ii) **to let s.o. down** किसी से किया वादा पूरा न करना, किसी को निराश करना, I won't let you down तुम मुझ पर आशा या भरोसा रख सकते हो, (iii) to let s.o. down gently (*colloq*) किसी को बड़े ढंग

से समझाना कि वह गलती पर है; बड़े ढंग से (न कि एकदम) किसी को कोई वस्तु देने से इन्कार करना; 3 **to let in** (i) अन्दर आने देना, (ii) (पच्चर, कपड़े का टुकड़ा आदि) लगाना, डालना, घुसेड़ना, 4 to let **into** (i) अन्दर आने देना, (ii) to let s.o. into a secret किसी को रहस्य बताना, 5 to let **loose** (कुत्ते आदि को) खुला छोड़ देना, 6 to let **off** छोड़ना, जाने देना, निकलने देना, (i) to let off a gun बन्दूक छोड़ना या चलाना या दागना, (ii) to let off steam भाप निकलने देना, (iii) to let s.o. off जाने देना, छोड़ देना. रिहा कर देना, कर्तव्यमुक्त करना; **to be let off with a fine** जुर्माना दे कर रिहा होना, 7 to let **out** (i) निकलने देना; (ii) किराये पर देना, 8 to let slip an opportunity मौका हाथ से जाने देना, खो देना, 9 to let **up** (*colloq*) ढीला या शिथिल होना, कम होना, **let-up** *n* ढिलाई, शिथिलता, विराम [There will be no let-up in our vigilance], III *v. aux* (supplying Ist & 3rd persons of *imper* in exhortations) Let us pray ! आओ, प्रार्थना करें, हमें प्रार्थना करनी चाहिए, [*N B.* 'Let' is followed by obj case Don't say : Let we pray !] **So let it be !** तथास्तु, ऐसा ही हो !

lethal लीथल *a* 1 घातक, मारक [~ weapon] प्राणहर, जानलेवा; 2 वध करने का, **lethal chamber** (कांजीहाउस में) पशुओं का पीड़ारहित वध करने का कमरा; वधशाला

lethargic लिथार्जिक *a* तन्द्रालु, सुस्त, आलसी; शिथिल, ढीला, धीरे-धीरे काम करने वाला, निरुद्यम, चेष्टाहीन

lethargy लें'थर्जि *n* तन्द्रा, सुस्ती, आलस्य, शिथिलता, कुछ करने को जी न चाहना, निरुद्यमता, चेष्टाहीनता

letter^{1} लें'टर *n* 1 अक्षर, वर्ण, **capital ~** (see capital^{3}), **small ~** (अंग्रेजी में) छोटा अक्षर, *e.g.* a, b, c, 2 पत्र, चिट्ठी, ख़त, **letter of credit** (see credit^{1} *n*), 3 **to the letter** एक-एक शब्द को ध्यान में रखते हुए, शब्दशः, अक्षरशः [to obey to the letter], **in letter and in spirit** शब्दों को और उनके आशय (या अभिप्राय) को ध्यान में रख कर, शब्दशः एवं भावतः, 4 (in *pl*) (i) साहित्य, वाङ्मय, (ii) विद्वत्ता, पांडित्य; **man of letters** साहित्यकार, साहित्यिक, विद्वान्, पंडित; **the commonwealth** *or* **republic of letters** साहित्यकारों की दुनिया, साहित्यिक जगत्, 4 *comb*: **~-bomb** पत्र द्वारा भेजने का स्फोटक, पत्र-बम; **~-box** चिट्ठी डालने का डब्बा, पत्र-पेटी; **letterhead** (i) चिट्ठी के कागज़ के ऊपर छपा सरनामा, मुद्रशीर्ष, (ii) मुद्रशीर्ष वाला काग़ज़, मुद्रशीर्ष-पत्रक लेटर-हेड, **letter perfect** (*theatr*) अभिनेता जिसे अपना पार्ट अक्षरशः कण्ठस्थ हो; कण्ठस्थपाठी, **~-writer** (i) पत्र लिखने वाला, पत्र-प्रेषक, (ii) पत्र लिखना सिखाने की पुस्तक, पत्रकलाशिक्षक

letter^{2} *vt* (पुस्तक की जिल्द पर) अक्षर मुद्रित या अङ्कित करना, **lettering** *n* अक्षराङ्कन; अक्षरों की बनावट

lettuce लें'टिस *n* बन्द गोभी की तरह का पौधा, सलाद; **cabbage ~**, **cos ~** इसी प्रकार के पौधे

leuco- (comb. form of Gk leukos) श्वेत, सफ़ेद

leucoderma ल्यूक-डर्मः *n* त्वचा पर सफ़ेद दाग पड़ने का रोग, श्वेतकुष्ठ

leucorrhoea ल्यूक-रीअ *n* श्वेतप्रदर

leukaemia ल्यूकीमिअ *n* रक्त में श्वेत अणुओं के बढ़ जाने का (प्रायः घातक) रोग, श्वेतरक्तता

Levant^{1} लिवैंन्ट *n* भूमध्य सागर का पूर्वी भाग और तद्गत द्वीप तथा आस-पास के देश (esp Syria, Lebanon and Israel)

levant^{2} *vi* फ़रार होना, भाग जाना (वि० जुए में हारी हुई रकम अदा किये बिना)

levanter^{1} लिवैंन्टर *n* (see pec) भागा हुआ या फ़रार आदमी

levanter^{2} *n* (see Levant) 1 L~ इन देशों का निवासी, 2 भूमध्यसागर के पूर्वी भाग से उठने वाली तेज़ हवा

Levantine लिवैंन्टाइऩ *a* & *n* 1 (see Levant) इन देशों का; इन देशों से व्यापार करने वाला; *n* इन देशों का निवासी

levee^{1} लें'विः (*hist*) 1 महाराज का शय्या-त्याग; शय्या त्यागते ही अतिथियों का स्वागत, 2 राजकीय स्वागत-समारोह (जिसमें केवल पुरुष ही निमंत्रित होते हैं), 3 *archit* झरोखा

levee^{2} लिवी, लें'वि *n* (U.S.) (बाढ़ से बचाव के लिए) पुश्ता, बांध, तटबन्ध

level^{1} लें'वल *n* & *a* 1 तल, स्तर, सतह, **on a ~ with sth** किसी के समतल, किसी के बराबर ऊंचाई पर, 2 *fig* सामाजिक या बौद्धिक स्तर या दर्जा, **to be on a ~ with s.o.** किसी के बराबर स्तर या दर्जे का होना, किसी की तुल्य कोटि का होना, किसी के समान या तुल्य या बराबर होना, **to find one's ~** (समाज में) उपयुक्त स्थान पा लेना, **Water finds it ~** (धरती आदि ऊंची-नीची होने पर भी उसमें भरे) पानी का स्तर सर्वत्र एक ही रहता है, 3 समतल या सपाट या चौरस मैदान; 4 क्षितिज तल के समानान्तर रेखा बताने वाला उपकरण जिससे राज, तरखान, आदि सतह की सीध देखते हैं, गुनिया, साधनी, *a* 1 क्षितिज के समानानन्तर, आड़ा, 2 समतल, समान स्तर या ऊंचाई का, **level with** के समतल, के बराबर ऊंचा, (*sport*) **to draw ~ with** के बराबर हो जाना, 3 समतल, सपाट, चौरस' हमवार [~ ground], **~ crossing** समतल पार पथ, 4 (स्वभाव, गुण आदि में) संतुलित, अति न करने वाला, एक-रस, एक-समान, एक-सा, एक-सार; **~ tone** एक-सा स्वर, **~-headed** संतुलित विचार

वाला, समबुद्धि, अति न करने वाला, मर्यादा का पालन करने वाला, ठंडे दिमाग़ वाला, **~-headedness** मानसिक संतुलन, अति न करने का स्वभाव; 5 **to do one's level best** (*colloq*) भरसक प्रयत्न करना

level^{2} *vt* (-ll-), 1 समतल या सपाट या हमवार करना, 2 किसी को किसी का समकक्ष बनाना, किसी के समान स्तर या दर्जे या कोटि का बनाना, to ~ **up** किसी के बराबर ऊंचा करना; to ~ **down** किसी के बराबर नीचा करना, 3 to ~ **to** *or* **with** the ground; to ~ **in** the dust नष्ट-भ्रष्ट या तहस-नहस करना, धूल में मिलाना, 4 लक्ष्य या निशाना बनाना, to ~ one's gun **at, against**, s.o. किसी को बन्दूक का निशाना बनाना, किसी पर बन्दूक तानना; **to level criticism, an accusation, a charge**, **at** s.o. किसी की आलोचना करना, किसी पर इलज़ाम या दोष लगाना

leveller लें‌वलर *n* 1 भूमि समतल करने का उपकरण, करहा, 2 सामाजिक विषमताएं मिटाने का समर्थक, समतावादी, समसमाजवादी

lever लीवर *n* & *vi* & *t* 1 (गड़ी हुई या भारी वस्तु को हिलाने या उठाने के लिए) छड़, 2 *phys* **उत्तोलक, लीवर; 3** *fig* नैतिक प्रभाव या दबाव डालने का साधन, *vi* **उत्तोलक** या लीवर का प्रयोग करना, लीवर लगाना; *vt* उत्तोलक या लीवर से (कोई चीज़) उठाना [to ~ sth up, along, away, out, etc]

leverage लीवरिज *n* 1 लीवर लगाना, लीवर लगाने का ढंग, 2 लीवरों का सिलसिला, उत्तोलक-समुच्चय, उत्तोलक-समवाय, उत्तोलक-संहति, 3 उत्तोलक-प्रयोग से उपलब्ध होने वाला अतिरिक्त बल या ज़ोर या दबाव, to bring ~ to bear on sth लीवर द्वारा दबाव डालना या ज़ोर लगाना, 4 *fig* उद्देश्य-प्राप्ति का साधन; बल, शक्ति, रसूख़; अधिक लाभ कमाने का साधन

leveret लें‌वरिट *n* ख़रगोश का बच्चा (वि० एक साल तक का)

leviable लें‌विअ-बल *a* (f. levy) लगाने योग्य (कर, लगान आदि), आरोप्य, उगाहने योग्य, उद्ग्राह्य

leviathan लि-वाइअथन *n* 1 बृहत्काय समुद्री जन्तु, तिमिंगल, 2 बहुत बड़ा जहाज़, महापोत, 3 अपनी किस्म की बहुत बड़ी चीज़; योग्यता, बल, सामर्थ्य में बढ़ा-चढ़ा व्यक्ति, प्रकांड पंडित, महाबली, धन-कुबेर इत्यादि

levigate लें‌विगेट *vt* बारीक चूर्ण बनाना, लेई बनाना

levitate लें‌विटेट *vi* & *t* (with ref. to spritual or yogic powers) हवा में उड़ना, आकाश में तैरना, *vt* (किसी को) आकाश में भेजना; **levitation** *n* आकाशगमन

levity लें‌विटि *n* 1 *arch* हल्कापन, लघुता, लघिमा, 2 विवेकहीनता, गंभीरता का अभाव, ओछापन, छिछोरापन

levy^{1} लें‌वि *n* 1 आरोपण, आघान, करारोपण, कराघान, कर की मात्रा, कर की रकम या राशि, 2 (कर आदि की) उगाही, वसूली, समाहरण, उद्ग्रहण, **levy sugar** वसूली की चीनी, **capital levy** पूंजी (न कि आय) पर लगने वाला कर, पूंजी-कर, 3 (सैनिक) भर्ती, लामबन्दी; **levies** भरती किये गये सैनिकों **levy in mass** सभी समर्थ-शरीर आदमियों की भर्ती, आम लामबंदी

levy^{2} *vt* 1 (कर आदि) उगाहना, वसूल करना, 2 (कर, जुर्माना आदि) लगाना [to ~ a fine on s.o.]; 3 to ~ blackmail डरा-धमका कर रुपया ऐंठना, 4 (सैनिक) भर्ती करना, (युद्ध के लिए) युद्ध-सामग्री, अनाज आदि मांगना, वसूल करना, एकत्र करना, 5 **to** ~ **war upon, against, a country** किसी देश पर चढ़ाई करना

lewd ल्यूड, लूड *a* विषयी, विलासी, लंपट, व्यभिचारी, अश्लील, निर्लज्ज: **~ness** *n* विषयपरायणता, लंपटता, अश्लीलता, निर्लज्जता

lewis लूइस *n* पत्थर के बड़े-बड़े टुकड़ों को पकड़कर उठाने का उपकरण, डोली

Lewis gun लूइस-गन *n* एक प्रकार की मशीनगन

lexical लें‌क्सिकल *a* 1 (भाषा की) शब्दावली का, शब्दों का, शब्दविषयक, शाब्दिक, शाब्द, 2 शब्दकोश का, शब्दकोशीय, कोशसंबंधी

exicographer लें‌क्सि-कों‌ग्रफ़र *n* शब्दकोश बनाने वाला, कोशकार, **lexicographical** लें‌क्सिक-ग्रफ़िकल *a* शब्दकोश-रचना का, **lexicography** लें‌क्सि-कॉं‌ग्रफ़ि *n* शब्दकोश लिखना या बनाना या रचना, कोशकारिता

lexicon लें‌क्सिकन *n* शब्दकोश (वि० ग्रीक, हीब्रू, अरबी आदि भाषाओं का), शब्दसंग्रह, शब्दसागर

liability लाइअ-बिलिटि *n* 1 *law* दायित्व, उत्तरदायित्व ज़िम्मेदारी [joint, several, ~], देनदारी, दायित्व 2 **limited liability** सीमित उत्तरदायित्व, **limited** ~ **company** = limited company कंपनी या समवाय जिसके दिवाला निकालने पर उसके सदस्यों को कंपनी की कुल देनदारी का कुछ सीमित अंश ही देना पड़े, सीमित (-देयता) समवाय, लिमिटेड कंपनी, 3 *in pl* देय, देनदारी, ऋण, [to meet one's liabilities]; **assets & liabilities** पावना और देनदारी; देना-पावना; 4 भार (स्वरूप) [His son is more of a ~ than an asset], 5 संभावना आशंका; प्रवृत्ति, रुझान

liable लाइअ-बल *a* 1 *law* उत्तरदायी, जवाबदेह, ज़िम्मेवार [I'm not ~ for my son's debts], 2 देनदार, जिसके जिम्मे कुछ देना हो, जिसपर कर आदि लगाया जा सके, [~ to a tax, fine, etc] 3 बाध्य, मजबूर, पाबन्द [~ to military service] जिस (अवांछनीय) बात की संभावना हो, संभव, संभाव्य [You are ~ to make mistakes;

Difficulties are ~ to occur]

liaison लि-एज़न *or* as F लि-एज़ों *n* 1 स्त्री और पुरुष की अनुचित घनिष्ठता, अनुचित प्रेम, 2 *mil* संबंध, संपर्क, **liaison officer** संपर्क अधिकारी

liana लियाना, **liane** लिआन *n* पेड़ों पर चढ़ने वाली उष्णदेशीय वन-लता, कठलता

liar लाइअर *n* झूठा, असत्यवादी, लबार

lib. लिब (*abbr* of liberation) **women's lib.** स्त्रियों को (पुरुषों के समान आर्थिक तथा सामाजिक) स्वतन्त्रता दिलाने का आन्दोलन, नारी स्वातन्त्र्य आन्दोलन

libation लाइवेशन *n* देवताओं या पितरों को जल (या अन्य पेय) चढ़ाना, तर्पण, इस प्रकार चढ़ाया जाने वाला जल या पेय, तर्पणार्थ जल, देवतर्पण, पितृतर्पण

libel लाइबल *n* & *vt* 1 *law* किसी के नाम को बट्टा लगाने के लिए प्रकाशित बयान, अपमान-लेख, (*N.B.* 'Publication' is essential to 'libel'] 2 अपमान-लेख का प्रकाशन या छापना, The greater the truth, the greater the libel अपमान-लेख में जितनी अधिक सचाई होगी उतनी अधिक बदनामी होगी, 3 (*pop*) मौखिक या लिखित निन्दात्मक झूठा बयान; 4 बदनाम करने या प्रतिष्ठा घटाने वाली चीज़ [The book is a ~ **on** human nature], *vt* 1 *law* (किसी के बारे में) अपमान-लेख प्रकाशित करना, 2 झूठी निन्दा करना; **libeller** *n* अपमान-लेख लिखने वाला

libellous लाइबलस *a* बदनाम या कलङ्कित करने वाला, अपमानजनक [~ statement]

liberal लिब्‌रल *a* & *n* 1 मन का सामान्य विकास करने वाला, **liberal education** (opp. technical education) सामान्य शिक्षा, 2 खुले दिल का, उदार, उदारहृदय, जो कृपण न हो, वदान्य, दानशील, मुक्तहस्त से या जी खोल कर देने वाला, बहुत देने वाला [~ of advice etc], 3 (i) उदारतापूर्ण [~ offer], (ii) प्रचुर, पर्याप्त, भरपूर [liberal supply of . . .), 4 जो शाब्दिक न हो, आशय को स्पष्ट करने वाला, भावात्मक [~ interpretation], 5 *polit* लोकतान्त्रिक सुधारों और वैयक्तिक स्वतन्त्रता का समर्थक, सुधारवादी, उदारवादी, *n* उदारवादी दल का सदस्य, (ब्रिटेन के) लिब्रल दल का सदस्य

liberalism लिब्‌रलिज़्म *n* उदार दल की नीति, सुधारवादी नीति, उदारतावाद

liberality लिब-रैलिटि *n* 1 (मन, विचारों आदि की) उदारता, 2 वदान्यता, दानशीलता

liberalize लिब्‌रलाइज़ *vt* & *i* उदार बनाना या बनना, to ~imports अधिक आयात की अनुमति देना, आयात बढ़ाना

liberate लिबरेट *vt* 1 (व्यक्ति को) स्वतन्त्र या मुक्त या रिहा करना, छोड़ देना, 2 (देश को) स्वतन्त्र कराना, (*chem*) to ~ a gas गैस छोड़ना या निकालना (usu in *pass*); **~d** *a* मुक्त या रिहा किया हुआ [a liberated slave]

liberation लिब-रेशन *n* 1 मुक्ति, आज़ादी, रिहाई; मोचन, 2 ~ of heat ताप या गरमी का निकलना

liberator लिब-रेटर *n* मुक्ति दिलाने वाला, मुक्तिदाता, आज़ाद कराने वाला, छुड़ाने वाला

libertarian लिबर्-टेॅअरिअन *a* & *n* 1 संकल्प-स्वातंत्र्य में विश्वास रखने वाला, 2 स्वतंत्रता का समर्थक

libertinage लिबर्टि-निज *n* (f. foll) विषयासक्ति, लंपटता, व्यभिचार

libertine लिबर्टिन,-टाइन *a* & *n* 1 विषयी, लंपट, व्यभिचारी, 2 विषय-भोग का, लंपटता का; **libertinism** = libertinage

liberty लिबर्टि *n* 1 स्वतन्त्रता, स्वाधीनता, आज़ादी, मुक्ति; रिहाई [**to set s.o. at** ~], 2 (अपनी इच्छानुसार काम करने की) स्वतन्त्रता [to be **at liberty to do sth**]; साहस, धृष्टता **to take the liberty to do, of doing, sth**]; ~ **of conscience** अपनी पसंद का धर्म अपनाने की स्वतन्त्रता, धार्मिक स्वतन्द्राता, अन्तःकरण की (प्रेरणा से काम करने की) स्वतन्त्रता; **liberty of the press** (बिना पूर्व अनुमति लिये) समाचार छापने की स्वतन्त्रता, समाचारपत्रों की स्वतन्त्रता, ~ **of speech** अपने विचारों को खुल्लम-खुला व्यक्त करने की स्वतन्त्रता, भाषण की स्वतन्त्रता; 3 स्वच्छन्दता उच्छृंखलता, मनमानी, **to take liberties with s.o.** किसी के साथ अनुचित घनिष्ठता या बे-तकल्लुफ़ी का बर्ताव करना; to take liberties **with** rules नियमों का मनमाना अर्थ लगाना

libidinous लिं-बिडिनस *a* (f. foll) विषयी, विषयासक्त, कामी, लंपट

libido लिबीडो *n* कामलिप्सा, कामवासना

Libra लिब्रः *n* तुला (राशि)

librarian लाइ-ब्रेॅअरिअन *n* पुस्तकालय का अध्यक्ष, पुस्तकाध्यक्ष, **~ship** *n* पुस्तकाध्यक्षपद

library लाइ-ब्ररि *n* पुस्तकालय, किताबघर, **lending library** घर पर पढ़ने के लिए पुस्तकें देने वाला पुस्तकालय, परिदायी पुस्तकालय, **reference library** पुस्तकालय जहां बैठकर पुस्तकें उलट-पलट कर देखी जा सकती हैं; अवलोकनार्थ पुस्तकालय, सन्दर्भ पुस्तकालय

licence लाइसन्स *n* 1 सरकार से मिलने वाली विशेष अनुमति, अनुज्ञा, अनुज्ञापत्र, अनुज्ञप्ति, लाइसेंस, **to take out a** ~ (to drive, to practise as a lawyer, etc), लाइसेंस लेना, **~-holder** = licensee, 2 विश्वविद्यालय का प्रमाणपत्र, सनद, सर्टिफ़िकेट, 3 स्वतन्त्रता का दुरुपयोग, कानून की अवहेलना, स्वच्छन्दता, उच्छृङ्खलता, 4 कवि द्वारा व्याकरण या छन्द का व्यतिक्रम [usu. poetic licence], कवि-निरंकुशता

license, -ce लाइसन्स *vt* 1 अनुज्ञापत्र या अनुज्ञप्ति देना, 2 (पुस्तक छापने, नाटक खेलने आदि की)

अनुमति या इजाज़त देना; ~**d** *a* लाइसेंस-प्राप्त (also see foll)

licensee लाइसन्सी *n* अनुज्ञप्तिधारी, लाइसेंसधारी, लाइसेंसदार

licenser लाइसन्सर *n* लाइसेंस देने वाला अधिकारी, लाइसेंसदाता, अनुज्ञप्तिदाता [~ of the press, of the plays]

licentiate लाइ-सेंन्शिअट *n* विश्वविद्यालय से प्रमाण-पत्र प्राप्त व्यक्ति, प्रमाणपत्रधारी

licentious लाइसें'न्शस *a* 1 विषयी, लंपट, व्यभिचारी, दुराचारी, निर्लज्ज; 2 (*arch*) नियम या मर्यादा का उल्लंघन करने वाला. उच्छृङ्खल

lich, lych लिच *n* 1 ~**-gate** कब्रिस्तान का छतदार फाटक जहां पादरी के आने तक ताबूत रखा रहता है; 2 ~**-house** मुर्दाघर

lichen लाइकन्, लिचन *n* पत्थरों, पेड़ों के तनों पर उगने वाली हरे या पीले रंग की घास, काई, शिलावल्क

licit लिसिट *a* वैध, विधिसम्मत, कानूनी, जिसकी इजाजत हो, उचित, जायज

lick^1 लिक *vt* 1 चाटना, **to ~ one's lips** *or* **chops**: (i) मुंह में पानी भर आना, (ii) खाने में बड़ा मजा आना, 2 to ~ s.o.'s boots *or* **shoes** किसी की चापलूसी करना, किसी के आगे हाथ बांधे खड़ा रहना, गिड़गिड़ाना, 3 **to ~ the dust** मारा जाना, पराजित होना, **to lick one's wounds** पराजय के बाद अलग रह कर संभलने की कोशिश करना, 4 *sl* (i) मारना, पीटना, मरम्मत या ठुकाई करना, (ii) (प्रतिद्वन्द्वी को) हराना, मात करना, (किसी से) बाजी ले जाना, 5 to ~ sth clean चाट कर साफ़ कर देना; to ~ **up, off** चाट लेना, 6 (*sl*) समझ के परे होना [This licks me]; 7 ~**spittle** = toady

lick^2 *n* 1 चाटना, चटाई, लेहन, 2 (also **salt-~**) जानवरों के नमक चाटने का स्थान, 3 (*sl*) गति, रफ़्तार, at full ~, at a great ~ बड़ी तेजी से

lickerish लिकरिश *a* 1 मजेदार खानों का शौकीन, 2 लालची, लोलुप, उत्सुक, 3 लंपट, विलासी, व्यभिचारी

licking *n* (*colloq*) 1 पिटाई, ठुकाई, मरम्मत [to give s.o. a good ~], 2 पराजय, हार [our team got a ~ today]

licorice लिक-रिस *n* = liquorice

lid लिड *n* 1 ढक्कन, ढकना, चपनी, **with the lid off** सभी डरावनी चीजों को साफ़ प्रदर्शित करते हुए, पर्दा हटा कर; 2 **That puts the (tin) lid on it** (*sl*) यह हद या सीमा या पराकाष्ठा है, 3 = eyelid

lido लीडो *n* तैरने का तालाब

lie^1 लाइ *n* 1 झूठ, असत्य, मिथ्या कथन, अनृत, It is a pack of lies यह सरासर झूठ है, 2 **white lie** क्षम्य झूठ (जो बहकाने के लिए न बोला जाये), सफ़ेद झूठ; 3 **to tell a lie, to tell lies** झूठ कहना या बोलना; **to act a lie** (झूठ बोले बिना) धोखा देना, 4 **to give s.o. the lie** किसी को झूठा बताना, झूठ बोलने का दोषी कहना, 5 **to give the lie to a** statement etc. बयान को झूठा या ग़लत सिद्ध करना, झूठा ठहराना, झुठलाना, बयान का खंडन करना, 6 **lie-detector** पूछ-ताछ के दौरान व्यक्ति की नब्ज, श्वास आदि की गति मापने का यन्त्र जो यह सूचित करता है कि व्यक्ति सच बोल रहा है या झूठ, असत्य-सूचक यन्त्र

lie^2 *vi* (lied, *part* lying) 1 झूठ बोलना [2 to lie to s.o.], (of things) भ्रम में डालना, भ्रांतिजनक होना

lie^3 *vi* (lay, lain, *part* lying) 1 (of person, animal) (i) लेटना, पड़ा होना [to ~ in bed, ~ asleep]; (ii) *Prov*: **Let sleeping dogs lie** गड़े मुरदे उखाड़ने से क्या लाभ? पुरानी बातों को मत उठाओ, (iii) **to lie in state** (see state *n*), (iv) विशिष्ट अवस्था में रहना, पड़ा रहना [to lie in prison, to lie idle], 2 (of things) पड़ा रहना, रखा रहना, होना, (i) **to lie in ruins** *or* **in the dust** खण्डहर होना, उजाड़ होना, (ii) **to lie heavy** बोझ डालना, बोझिल होना, [to lie heavy on one's stomach], to lie on one's conscience मन पर बोझ होना; (iii) **to lie waste** बंजर पड़ा रहना, (iv) **to find out how the land lies** (*fig*) पता लगाना कि स्थिति कैसी है, 3 (of abstracts) होना, रहना, अस्तित्व रखना (i) the difference lies in this, that. . . अन्तर या फ़र्क यह है कि · · · (ii) **to lie in one, in one's power** की शक्ति में होना, के बस की बात होना, के लिए संभव होना, **as far as in me lies** जहां तक मेरे लिए संभव है, जहाँ तक मैं कर सकता हूं; 4 (*law*) विचार करने या सुनने योग्य होना, मानने योग्य या मान्य होना, वैध होना, ठीक होना; The appeal, objection, will not ~ अपील नहीं की या सुनी जा सकती; आपत्ति नहीं की या मानी जा सकती; 5 (with *advv*) (i); to ~ **about** इधर-उधर बिखरा होना [He left his papers lying about], (ii) ~ **down** लेटना, आराम करना, (iii) (*colloq*) to take (defeat, punishment, & *esp* it) **lying down** चुपचाप सहना, प्रतिरोध न करना [I won't take it lying down]; (iv) to ~ **in** प्रसूतिकागृह में होना, (v) to ~ **over** (of bill, motion etc) स्थगित होना, मुल्तवी होना, to ~ **up** (रोग के कारण) बिस्तर या अपने कमरे में (पड़ा) होना या रहना

lie^4 *n* 1 (वस्तु या प्रदेश के) स्थित होने का ढंग या प्रकार या दिशा, विन्यास, रूप-रेखा, बनावट, रचना, आकृति, स्थिति, अवस्थिति, अवस्थान; **the lie of the land** (i) प्रदेश का धरातल, धरातल की आकृति

(ii) *fig* (मामले की) स्थिति [to find out the lie of the land], **2** (पशु, पक्षी आदि का) थान, ठिकाना

lief लीफ़ *adv* (*liter*) खुशी से [I would *or* had as lief join the army as anything]

liege^1 लीज *a* & *n* (*hist*) **1** दूसरे से खेती-संबंधी सेवा करवाने का अधिकारी, मालिक, स्वामी, **~ lord** सामन्त, जागीरदार, **2** दूसरे की सेवा के लिए बाध्य या वचनबद्ध, सेवक, गुलाम, **liegeman** रैयत, गुलाम; पक्का अनुयायी

lien लिअन *n* गिरवी रखी चीज़ को तब तक अपने कब्ज़े में रखने का अधिकार जब तक कि उसका मालिक ऋण न चुका दे, (जायदाद पर) अधिकार, पद पर वापस आने का अधिकार या हक़, पुनर्ग्रहण-अधिकार, धारणाधिकार [a ~ on goods, on a post, etc]

lieu ल्यू *n* **in lieu of** के स्थान पर, के बजाय

lieutenant लेॅफ़्-टेॅनन्ट *n* **1** छोटा सैनिक अधिकारी, लफ़्टिनैंट, **2** (प्रवर अधिकारी के स्थान पर काम करने वाला) अवर अधिकारी, उप-, Lt. Governor उपराज्यपाल, Lt. General उपसेनापति

life लाइफ़ *n* **1** जीवन, ज़िन्दगी, **It is a matter of life and death** यह ज़िन्दगी और मौत का सवाल है; यह अत्यन्त महत्वपूर्ण मामला है, (i) to take s.o.'s ~ जान या प्राण लेना, हत्या करना; **to take one's (own) ~** आत्महत्या करना; (ii) **for the life of me** (*colloq*) यदि मेरा जीवन भी इस पर निर्भर करे; चाहे मैं कितनी ही कोशिश करूं बिल्कुल [I cannot for the ~ of me understand ...], (iii) the after *or* the future life आगामी जीवन, मरणोत्तर जीवन, **2** जान, प्राण, जीवन-शक्ति, प्राण फूंकने वाली चीज़ [He is the ~ of the party]; **3** प्राणी, जीव-जन्तु आदि [Is there ~ on the Mars?], प्राणी जगत्, वनस्पति-जगत् [animal, vegetable, ~], **true to life** (लोगों के आचरण का) यथातथ या यथावत् वर्णन, **4** जीवन-अवधि, आयु, उम्र, **expectation of life, life expectancy;** जितनी देर कोई व्यक्ति और जीने की आशा कर सकता हो, प्रत्याशित आयु, **5** जीवनी, जीवनचरित, जीवनकथा, **6** *comb*: **life-and-death** *a* अत्यन्त महत्वपूर्ण, **~-belt** डूबने से बचाने वाली पेटी, रक्षा-पेटी; **~-blood** प्राण-दायक वस्तु, जीवन का आधार, **~-boat** रक्षा-नौका, **~-giving** शारीरिक या आध्यात्मिक बल देने वाला, प्राण फूंकने वाला; **~ history** जीवन-वृत्त, **~ instinct** *n* प्राणियों की जीवित रहने की स्वाभाविक इच्छा, जिजीविषा, **lifelike** *a* जीवन्त, जीता-जागता, **lifeline** *n* (i) ग़ोताख़ोर का सन्देश पहुंचाने की रस्सी, (ii) *fig* आने-जाने या रसद पहुंचाने का एकमात्र मार्ग, यातायात मार्ग, **lifelong** *a* जीवन भर का, आजीवन रहने वाला, **life-saving** *a* प्राणरक्षक, **life sciences** जीव-विज्ञान तथा अन्य संबंधित विषय; जीवन विज्ञान, **~ span** प्राणी या वनस्पति या मनुष्य के अधिक-से-अधिक जीने की अवधि, जीवन-अवधि, **life-size(d)** *a* पूर्ण आकार का, (in case of men) मानवाकार, आदमक़द, **lifetime** *n* जीवन-काल; **life-work** *n* जीवन भर का काम

lifeless लाइफ़्लस *a* निर्जीव, निष्प्राण, बेजान, मुरदा, मृत

lift^1 लिफ्ट *vt* & *i* **1** उठाना, ऊँचा करना, उभारना, **to lift a hand** (to do sth) हाथ हिलाना, तनिक प्रयत्न करना; **to lift a hand against s.o.** किसी पर हाथ उठाना या चलाना, प्रहार करना, **2** (विचारों, वाद-विवाद को) ऊंचे स्तर पर ले जाना, उदात्त बनाना, **3** (मवेशी) चुराना, उठा ले जाना [to ~ cattle], (वस्तु) चुराना [to ~ articles in the super-bazar etc); **shop-lifting, shop-lifter** दुकानों से चोरी (करने वाला); **4** साहित्यिक चोरी करना, किसी पुस्तक या लेख का कोई अंश चुरा लेना, उड़ा लेना [to ~ a passage from a book], **5** to lift the control, embargo, etc. नियन्त्रण, प्रतिबन्ध आदि हटाना; **6** *vi* (of cloud, fog) छटना, (of darkness) दूर होना

lift^2 *n* **1 to give s.o. a lift** (i) किसी को थोड़ी दूर तक अपनी गाड़ी में बिठाके ले जाना [He gave me a ~ to the station], (ii) मदद करना, **2** (धरती का) उभार, **3** लिफ़्ट [The ~ took me to the eleventh floor]

ligament लिगमन्ट *n* (*anat*) हड्डियों को परस्पर बांधने वाली तन्तुओं की महीन पट्टी, स्नायु, (loosely) झिल्ली

ligature लिग-चर *n* & *vt* **1** बांधने (वि॰ कटी हुई नाड़ी को बांधने) के काम आने वाली चीज़, पट्टी, फ़ीता, बंध, बंधन, **2** *print* युक्ताक्षर, fi, fl, etc, *vt* पट्टी (से) बांधना

light^1 लाइट *n* **1** प्रकाश, ज्योति, रोशनी, उजाला, **in a good light** अच्छी रोशनी में (जिससे वहां रखी वस्तु साफ़ दिखाई दे) [The picture should be hung in a good ~], **bad ~** मंद प्रकाश, मद्धिम रोशनी [Bad ~ stopped the play (also see 7 below)]; (i) **to stand in s.o.'s light** किसी की धूप रोकना या छेंकना, *fig* किसी की सफलता में बाधक होना, (ii) **to stand in one's own light** अपना यश न फैलने देना; अपनी सफलता में स्वयं बाधक होना; (iii) **to see the light** जन्म लेना, पैदा होना, प्रादुर्भाव होना, (पुस्तक आदि का) प्रकाशित होना, (iv) **to come to ~** पता लगना, प्रकट होना; **to bring to ~** प्रकट करना, बताना; (v) **light of one's eyes *or* life** आंख का तारा, प्रिय (व्यक्ति) **2** दीया, बत्ती, लैम्प, चिराग़ [to put out a ~]; **festival of lights** दीपावली; **green ~** हरी बत्ती या रोशनी, *fig* आगे बढ़ने का संकेत; **red ~** लाल बत्ती या रोशनी,

fig रुकने या रुके रहने का संकेत; 3 ज्वाला, चिनगारी, **to strike a ∼** दियासलाई जलाना, 4 (जहाज़ का) संकेत प्रकाश; (=∼house) प्रकाशस्तंभ, दीपस्तंभ, 5 जाना-माना या बड़ा आदमी [one of the leading lights of the party], 6 बौद्धिक प्रकाश, स्पष्टीकरण, व्याख्या, **to throw, shed, light upon sth** प्रकाश डालना, स्पष्ट करना, व्याख्या करना, **in the light of these facts** इन तथ्यों के प्रकाश में, इन तथ्यों की सहायता से, 7 विचारने का ढंग, दृष्टि, दृष्टिकोण [I do not look upon it in that ∼]; रूप, **in a good (*or* a bad) light** अच्छे (या बुरे) रूप में [Press reports him appear in a bad ∼], 8 ज्ञान, बोध, समझ, अक्ल, बुद्धि [I was beginning to see ∼; to do one's best **according to one's lights**] 9 रोशनदान, खिड़की (जिससे धूप या रोशनी आती हो), 10, *paint* (चित्र में) अधिक प्रकाश वाला भाग, 11 *comb*: **lighthouse** प्रकाश-स्तंभ, दीपस्तंभ, **lightship** प्रकाशस्तंभयुक्त पोत; **light-year** (*astron*) प्रकाश वर्ष (अर्थात् प्रकाश द्वारा एक वर्ष में तय की जाने वाली दूरी), लगभग 58 खरब 80 अरब मील

light² *vt* & *i* (lit *or* lighted) **1** (आग, मोमबत्ती, लैम्प आदि) सुलगाना, जलाना [to ∼ a fire, candle, lamp, etc.], **2** (कमरे में, सड़कों पर) रोशनी करना; बत्ती जलाना, आलोकित करना [to ∼ up a room, an area, etc]; **lighting-up time** (सड़कों पर, गाड़ियों की) बत्ती जलाने का समय, **3** *vi* (of cigarette fuel, lamp, etc) सुलगना, जलना, जल उठना; **4** (of eyes, face, etc.) चमक उठना

light³ *a* & *adv* **1** हल्का, कम भार का, कम भार उठाने वाला [∼ ship, cart, etc.], **2** हल्का, कम बल या वेग का [∼ touch, blow, wind etc.] **3** हल्का, जल्दी हज़म होने वाला [∼ food], **4** कम महत्त्व का, साधारण, मामूली, **to make light of sth** किसी बात को महत्त्व न देना या मामूली समझना, परवाह न करना [He makes ∼ of his illness]. **5** हल्का, आसान, सुगम, सुकर [∼ task], मनोरंजनार्थ [∼ literature, reading, writer, comedy, etc], **7 ∼ sleep** कच्ची नींद, जल्दी उचट जाने वाली नींद; **8 ∼ punishment** हल्का दण्ड, **9 light heart** निश्चिन्त या प्रसन्न या प्रफुल्ल मन; आशाभरा मन, did it with a ∼ heart (i) बड़ी खुशी और आशा से किया (ii) लापरवाही से किया, **10** *comb*: **∼-armed** हल्के या छोटे हथियारों से सुसज्जित, **∼-fingered** *a* चीज़ें उठा या चुरा लेने वाला, उठाईगीर, **∼-hearted** *a* प्रफुल्ल, प्रसन्न, जिन्दादिल, खुशमिज़ाज, विनोदप्रिय; बहुत आशावान्, बेपरवाह, **light-heartedly** *adv* बड़े आनन्द से; हँसी-मज़ाक में, **light-minded** *a* गंभीरता से न विचार करने वाला, छिछोरा, मज़ाकिया, विनोदप्रिय, **light-weight** *a* & *n* हल्का (आदमी या पशु), *box*: १२६ से १३५ पाउंड वजन का (घूंसेबाज़); **light** *adv* **to sleep ∼** हल्की नींद सोना; **to travel ∼** बहुत थोड़ा सामान लेकर यात्रा करना

light⁴ *vi* **1** *arch* नीचे आना, उतरना, (डाल पर) बैठना, (of thing) गिरना, आ पड़ना, **2 to light (up)on sth** (i) किसी चीज़ का अचानक मिलना [I lighted upon this atlas in a junk shop], (ii) किसी बात या तथ्य का अचानक पता लगना

lighten¹ लाइटन *vt* & *i* **1** (जहाज़ आदि को) हल्का करना, बोझ कम करना, (जहाज़ का) हल्का होना, बोझ कम होना, **2** (दिल को) हल्का करना, सान्त्वना देना [to ∼ the heart], सान्त्वना मिलना शोक कम होना, हल्का होना [the heart ∼s]

lighten² *vt* & *i* प्रकाश डालना, चमकाना, *vi* (of face, eyes etc) चमकना, दमकना, प्रकाश-मय होना

lighter¹ लाइटर *n* आग सुलगाने का उपकरण, प्रज्वालक [cigarette-∼, gas-∼]

lighter² *n* & *vt* (घाट तक न पहुंचने वाले जहाज़ों से) माल उतारने-चढ़ाने वाली नौका, माल ढोने वाली नाव, माल-नौका, मालबोट; *vt* (माल नौका में) माल ढोना; **lighterage** *n* माल उतारने-चढ़ाने का (i) काम या (ii) शुल्क, माल-नौका का भाड़ा

lightning लाइट्निङ्ग *n* बिजली, विद्युत्, तड़ित्, **a flash of ∼** बिजली की चमक, कौंध; **like ∼, with ∼ speed** बिजली की तरह, बिजली की तेज़ी के साथ, अत्यन्त तीव्रता से, **2 lightning strike** बहुत थोड़ा नोटिस देकर की गई हड़ताल, तत्काल हड़ताल, **3** *comb*: **∼-conductor, ∼-rod** इमारत को बिजली गिरने से बचाने वाला तार अथवा छड़ (जो इमारत के शिखर से धरती के अन्दर तक जाता है), विद्युत-रक्षक, तड़ित्-रक्षक, तड़ित्-छड़

lightsome लाइट्सम *a* (*poet*) **1** सुन्दर, सजीला, मनोहर, मनोरम, **2** प्रसन्नचित्त, प्रफुल्लचित्त, **3** फुर्तीला

ligneous लिग्निअस *a* (of plant) जिसकी डंडी सख़्त या लकड़ीदार हो, लकड़ीदार, काष्ठमय (opp. herbaceous)

lignite लिग्नाइट *n* भूरा कोयला

lignum vitae L लिग्नम् वाइटी शब्दार्थ—संजीवनी लकड़ी) = guaiacum

like¹ लाइक *a*, *prep*, *adv* & *n* **1** समान, सदृश, तुल्य, मिलता-जुलता, इस तरह का, इस जैसा, **in ∼ manner** इसी तरह, इसी प्रकार; on this and the like subjects इस विषय पर और इसी तरह के अन्य विषयों पर, **like father like son** जैसा बाप वैसा बेटा, **2** लगभग [He owes me something ∼ Rs 500], **3** स्वभाव या प्रकृति के अनुकूल या अनुरूप, It was ∼ him to suffer silently चुपचाप कष्ट सहना उसका स्वभाव ही था, उसके

स्वभाव के अनुरूप था या उस की विशेषता थी; 3 **to feel like** जी चाहना [I feel ~ stopping work]; **to look like** लगना; It looks like rain लगता है वर्षा होगी; *prep* के समान, की तरह, की भांति [He stood there like a statue] बड़े ज़ोर से, बड़ी तेज़ी से He ran like anything वह गोली की तरह या बेतहाशा भागा; बड़े जोश से, ज़ोर-शोर से [He's working ~ anything these days]; *adv.* like enough; very like (usu parenthetic) संभवतः; *n* (i) इस तरह की (अन्य) वस्तु या व्यक्ति या बात [Mix with yours likes, We shall never see his like; I never heard the like of it]; (ii) music, painting and the like संगीत, चित्रकला आदि, आदि

like^2 *vt* & *i* & *n* 1 चाहना, पसन्द करना, अच्छा लगना, भाना; I like the work मुझे यह काम अच्छा लगता है या पसन्द है; **How do you like it?** तुम्हे यह कैसा लगता है? **2 as you like** जैसी तुम्हारी इच्छा, जैसा तुम्हारा जी चाहे, *n* (usu in *pl*) रुचि के अनुकूल चीज़, रुचि, पसन्द, शौक; **likes and dislikes** रुचि के अनुकूल और प्रतिकूल बातें, पसन्द और नापसंद बातें

likeable *a* अच्छा लगने वाला, पसंद आने वाला, आकर्षक, सुन्दर, प्यारा

likelihood लाइक्लिहुड *n* संभावना, संभाव्यता, आशा, **in all ~** संभवतः, बहुत संभव है कि· · ·

likely लाइक्लि *a* & *adv* 1 संभव, संभाव्य, संभावनीय [His most ~ destination is Madras]; जो शायद सच हो [That's a ~ story] (*oft. iron*), 2 अनुकूल, उचित, ठीक [the likeliest place for camping], 3 जहां या जिसके विषय में किसी बात की आशा या संभावना हो [the likeliest place to find him in]; *adv* संभवतः, बहुत संभव है [most ~, very ~]; **as ~ as not** हो भी सकता है और नहीं भी; **not ~** (*colloq*) बिल्कुल असंभव !

liken लाइकन *vt* समान या सदृश बताना, समानता या सदृश्य बताना [to ~ sth to sth; to ~ s.o. to s.o.]; तुलना करना, उपमा देना

likeness *n* 1 सादृश्य, साम्य [**~ of sth to sth, ~ between two things**]; 2 रूप, आकार [in the ~ of]; 3 मिलता-जुलता रूप [There is a family ~ in all of them], 4 चित्र, प्रतिकृति, प्रतिरूप; This portrait is a good ~ यह चित्र (मूल व्यक्ति से) बहुत मिलता-जुलता है; उसका प्रतिरूप ही है

likewise *adv* इसी तरह, उस तरह, वैसे, तद्वत् [to do ~]

liking लाइकिङ्ग *n* 1 पसंद, रुचि, अभिरुचि, शौक [This is not to my liking], 2 इच्छा, चाह, प्रीति, अनुराग [**to have a liking for s.o.**]

lilac लाइलक *n* & *a* हल्के गुलाबी-जामुनी या सफ़ेद सुगंधित फूलों वाली झाड़ी; *a* हल्के गुलाबी-जामुनी रंग का [a ~ dress]

liliaceous लिलि-एशस *a* लिली-जाति का (see lily)

Lilliputian लिलिप्यूशन *a* & *n* 1 लिलिपट नामक (काल्पनिक) द्वीप का (निवासी), 2 नाटा या ठिगना (व्यक्ति), बौना, (अति लघु) वस्तु [f. Lilliput, described in Swift's Gulliver's Travels]

lilt लिल्ट *vt* & *i* & *n* सुर और ताल से गाना, आरोह्-अवरोहमय सुर निकालना, झूम-झूम कर गाना, *n* सुर और ताल से गाया हुआ गीत जिस में मुधर अवरोह या मधुर आरोह्-अवरोह हो, मुधर गीत, झूमक, झूमर

lily लिलि *n* 1 लंबी नाल पर लगने वाले सफ़ेद, गुलाबी, बैंगनी फूलों वाला पौधा, लिली, कुमुदिनी, 2 इस पौधे के फूल, लिलि, कुमुद, 3 बहुत गोरा या शुद्ध आचार वाला व्यक्ति, शुभ्रवर्ण वाली वस्तु **lilies and roses** गोरा और गुलाबी वर्ण, 4 *attrib* लिली की तरह सफ़ेद ~ hand

limb^1 लिम *n* 1 (हाथ, पांव, पंख आदि) अंग, अवयव, **to escape with life and limb** जान बच जाना और गहरा घाव भी न लगना; limb of Satan *or* the devil (*colloq*) आफ़त मचाने वाला बच्चा, 3 **limb of the law** (i) वकील, (ii) पुलिस का सिपाही, 4 (पेड़ की) बड़ी शाखा; **to be out on a limb** साथियों से अलग-अलग (अतः असहाय) हो जाना; **limbed** लिम्ड *a* large-limbed बड़े-बड़े अंगों वाला, strong-limbed दृढ़ अंगों वाला

limb^2 (*bot*) 1 पंखुड़ी या पत्ते आदि का फैला हुआ भाग, दल-फलक, 2 छोर, किनारा [eastern ~ of the sun, moon, etc]

limber^1 लिम्बर *n* & *vt* तोपगाड़ी का अग्रभाग (जो अलग किया जा सकता है), (*vt*) **to ~ (up)** तोप गाड़ी का अग्रभाग जोड़ना, गाड़ी के दोनों भागों को जोड़ना

limber^2 *a* & *vt* 1 लचीला, लचकदार, 2 फुर्तीला, *vt* & *i* लचीला बनाना या बनना [to ~ (oneself) up]

limbo लिम्बो *n* 1 *theol* नरक से लगा हुआ प्रदेश जहां ईसा से पहले के पुण्यात्मा कैद हैं, 2 कारागार, कारावास, उपेक्षित स्थल, उपेक्षित या विस्मृत होने की अवस्था [to be in ~]

lime^1 लाइम *n* 1 लासा (also **bird-~**), 2 अनबुझा चूना (also **quicklime**), **slaked lime** बुझाया हुआ चूना, 3 *comb*: **~-kiln** चूने की भट्ठी, **limelight** (i) तीव्र प्रकाश जो रंगमंच पर अभिनेताओं पर डाला जाता है, (ii) प्रचार की रोशनी, प्रसिद्धि, **to be in the limelight** बहुचर्चित या बहुत प्रसिद्ध होना; **limestone** चूने का पत्थर, **~-twig** लासा-लगी टहनी; **~ water** चूने का पानी

lime^2 *vt* 1 (टहनी पर) लासा लगाना, 2 (लासे से

(पक्षियों को) फंसाना या पकड़ना, *fig* (किसी को) जाल में फंसाना, 3 (खाद के तौर पर धरती में) चूना डालना

lime^3 *n* नींबू (जाति का फल), जंबीर, खट्टा, **lime-juice** नींबू-रस, नींबू-पानी

lime^4 *n* (also **~-tree**) सुगंधित पीले फूलों और हृदयाकार पत्तों वाला सजावटी पेड़

limen लाइमेॅन *n* (*psych*) अल्पतम स्नायविक उत्तेजना जो संवेदना के लिए आवश्यक होती है, संवेदना-देहली

limit^1 लिमिट *n* 1 सीमा, हद, सीमा-रेखा, सिरा, छोर, *fig* मर्यादा; **within ~s** सीमा के भीतर, कुछ हद तक, **without ~** असीम, बेहद; 2 (*sl*) **That's the limit!** यह पराकाष्ठा है, यह असह्य है, हद हो गई है; **He's the limit!** ऐसा और नहीं होगा! वह बहुत बुरा है! अति नीच है!

limit^2 *vt* सीमा के भीतर रखना, सीमित करना, सीमा निर्धारित करना, हद बांधना, सीमा होना, **to ~ oneself to...** केवल (इतना) करना, ...से अधिक न करना या कहना [I shall ~ myself to the economic aspect of the question]

limitary लिमिटॅरि *a* 1 जिसपर प्रतिबन्ध लगाया जा सके; प्रतिबन्धात्मक, प्रतिबन्धस्वरूप

limitation लिमिटेशन *n* 1 सीमा निर्धारित करना, सीमा-निर्धारण, परिसीमन, हदबन्दी, 2 सीमित करना, सीमित होना, अयोग्यता, असमर्थता, कठिनाई, मजबूरी; **He has his ~s** (i) उसकी जानकारी या योग्यता या सामर्थ्य सीमित है, (ii) उसकी मजबूरियां हैं; 3 बंधन, प्रतिबन्ध, प्रतिबन्धक नियम, 4 *law* अवधि, मियाद (जिसके बाद दावा आदि नहीं किया जा सकता) [time ~]

limited लिमिटिड *a* 1 थोड़ा-सा, थोड़े से, सीमित, परिमित, परिसीमित, अल्प, थोड़ा [our accommodation is very ~ed]; **~ed edition** कतिपय प्रतियों का संस्करण, परिमित संस्करण, **~ company** (see liability 2); **~ monarchy** राजतन्त्र जिसमें राजा संसद् एवं संविधान के नियन्त्रण के अधीन हो, सीमित राजतन्त्र (also called 'constitutional monarchy; see absolute, 3)

limiting लिमिटिङ्ग *a* 1 सीमित करने वाला, सीमाकारी [~ clause], प्रतिबन्धात्मक

limitless *a* असीम, अनन्त, बेहद

limitrophe लिमिट्रोफ़ *a* (of district etc) साथ लगा हुआ, सीमावर्ती

limousine लिमुजीन *n* बन्द मोटरकार

limp^1 लिम्प *vi* & *n* 1 लंगड़ाना, लंगड़ा कर चलना [to ~ **along**], (of damaged ship, aircraft, etc) धीरे-धीरे या कठिनाई से चलना, 2 (छन्द में) यतिभंग होना, *n* लंगड़ापन, लंगड़ी चाल [to walk with a ~]; **limpingly** *adv* लंगड़ा कर

limp^2 *a* 1 नरम, लचीला, (of **bookbindings**) बिना गत्ते का, 2 *fig* शक्तिहीन, उत्साहहीन, शिथिल, ढीला, नरम, **~ly** *adv* बिना शक्ति या उत्साह के, शिथिलता से, **~ness** *n* लचक, लचीलापन; नरमी

limpet लिम्पिट *n* 1 चट्टानों से चिपकने वाला घोंघा, 2 *fig* नौकरी से चिपका रहने वाला व्यक्ति (वि० राजकर्मचारी)

limpid लिम्पिड *a* (of liquids, atmosphere, eyes) निर्मल, स्वच्छ, साफ़, (of literary style) प्रसादगुणयुक्त; **~ity, ~ness** *nn* 1 निर्मलता, स्वच्छता, 2 प्रसादगुण

limy लाइमि *a* (f. lime^1) 1 चिपचिपा, लसलसा, लसदार, 2 चूने-जैसा, चूनेदार

linage लाइनिज *n* 1 (मुद्रित सामग्री में) पंक्ति-संख्या, 2 पंक्तिसंख्या के अनुसार पारिश्रमिक, पंक्तिदर

linchpin लिन्च्पिन *n* 1 पहिये को यथास्थान रखने के लिए धुरे के सिरे के आर-पार निकली कील, धुरे की कील, अक्षकील, लिंचपिन; 2 *fig* (संस्था आदि को जीवित रखने के लिए) आवश्यक व्यक्ति या वस्तु

linden लिन्डन *n* = lime-tree (see lime^4)

line^1 लाइन *n* सन का (मोटे और छोटे टुकड़ों से अलग किया हुआ) महीन लंबा रेशा

line^2 *n* 1 रस्सी, रस्सा, तार, (i) *naut* पानी की थाह लेने का रस्सा; **hard ~s** दुर्भाग्य, कठिनाई, **Hard lines** सफलता की आशा नहीं है; काम कठिन है! (ii) **electric line** मुख्य स्रोत से मकान आदि तक बिजली पहुंचाने का तार, बिजली का तार; (iii) मछली पकड़ने की डोरी (जिसके आगे कांटा लगा रहता है); **~-fishing** डोरी-कांटे से मछली पकड़ना (opp. net-fishing), 2 *math* etc रेखा, लकीर, धारी, (i) **~-drawing** रेखा-चित्र; **~-work** पेन्सिल या कलम (न कि बुरुश) से बनाया गया चित्र, (ii) *palmistry* हस्तरेखा; **line of life, fortune, etc** जीवन-रेखा; भाग्यरेखा आदि, (iii) झुरी, (iv) (*art*) **Picture hung on the line** इस प्रकार लटकाया हुआ चित्र कि उसका मध्य दर्शक की आंख की लगभग सीध में हो, दर्शक की आंख की सीध में लटकाया हुआ चित्र, 3 सीमा, हद, (*colloq*) **One must draw the line somewhere** हर बात की कोई सीमा या हद होती है (also see draw^1, 4), 4 (लेख, छपाई आदि की) पंक्ति, (i) **to read between the lines** (लेख आदि के) शब्दों के स्पष्ट या वाच्य अर्थ के अतिरिक्त उनका ध्वनित या गूढ़ अर्थ समझना, (ii) संक्षिप्त पत्र [Drop me a ~], 5 (व्यक्तियों, वस्तुओं आदि की) पंक्ति, कतार, (i) to march in a line कतार बांध के चलना, (ii) **to be in ~ with** के अनुरूप होना, से मेल खाना; **to be out of ~ with** के अनुरूप न होना [The govt. action is in (*or* out of) ~ with its declared policy]; **to come** (*or* **fall**) **into ~ with s.o.** किसी से सहमत हो जाना, किसी के सदृश या अनुरूप काम करना, किसी के विचारों को स्वीकार करना, सहयोग करना, 6 (*mil*) in *pl* शिविर के

तंबुओं (या बैरकों) की पंक्ति; **civil lines** सिविल अफ़सरों के बंगलों की पंक्ति, 7 (i) (कार्य, व्यवहार, विचार आदि की) पद्धति, प्रणाली, ढंग, ढर्रा, **line of action** कार्यपद्धति, **line of thought** विचार-पद्धति, विचारक्रम, (ii) नीति, **to toe the party line** दल की नीति, कार्यक्रम आदि स्वीकार करना; दल की नीति पर चलना; **8** पेशा, व्यवसाय, काम-धंधे का प्रकार या क्षेत्र, [What's his ~ (of business) !?] That's not my ~ यह मेरा क्षेत्र नहीं है, यह मेरा काम या पेशा नहीं है; **9** (i) *mil* मोर्चा, **the front lines** युद्ध का अगला मोर्चा, (ii) **The line** स्थायी और नम्बर वाली रेजिमेंट, **10** (जहाज़ों आदि की कंपनी), **shipping line** जहाजी कंपनी, **airline** हवाई कंपनी, **11** पथ, मार्ग, रास्ता, (i) **line of communication** संचार-पथ, यातायात-मार्ग, संचार साधन, ~ of supply रसद (पहुंचाने) का मार्ग या साधन, (ii) *rail* पटरी, लाइन [main ~, branch ~], **12** वंश, घर, घराना, घराने की कई पीढ़ियां, वंशावली, वंश-परम्परा **13** *comb*: **line-drawing** (see 2 above), **line-fishing** (see 1 above), **lineman** (i) बिजली, टेलीफ़ोन आदि के तार या व्यवस्था ठीक करने वाला आदमी, (ii) रेल की पटरी की देखभाल करने वाला आदमी, लाइनमैन; **~-space** छपाई की पंक्तियों का अन्तर

line^{3} *vt* & *i* **1** *vt* रेखा या लकीर खींचना या बनाना, **2** (*of face*) to become lined झुरियां या लकीरें पड़ना, **3** *vt* &*i* to ~ **up** कतार में खड़ा करना या होना, लाइन बनाना [to ~ up for the bus]; **line-up** *n* (i) व्यक्तियों के कतार में खड़े होने का ढंग, पक्ति; (ii) मुलजिम की शिनाख़्त करने के लिए पुलिस द्वारा कुछ लोगों को पंक्ति में खड़े करने का ढंग, ऐसी पंक्ति; [a line-up of men in an identification parade], (iii) राज्यों या राष्ट्रों आदि का संगठन [a line-up of Afro-Asian countries]

line^{4} *vt* किसी चीज़ के अन्दर (प्रायः) दूसरी चीज की परत लगाना, परत का काम देना, अस्तर लगाना; (नहर के अन्दर) पलस्तर करना

lineage लिनिइज *n* **1** पुत्र, पोता, परपोता आदि का क्रम; बाप, दादा, परदादा, आदि का क्रम, वंशक्रम, वंशानुक्रम, वंशपरम्परा, **2** बाप, दादा आदि; वंश, कुल, खानदान [person of high ~]

lineal लिनिअल *a* (see prec) **1** पुत्र-पोता आदि के क्रम से होने वाला, ~ **descendant** पुत्र-पोता आदि, वंशज, **2** बाप-दादा के क्रम से होने वाला, ~ **ascendant** पूर्वज; ~ **heir** वंशज दायाद; **~ly** *adv* वंशक्रम से

lineament लिनिअ-मन्ट *n* **1** (usu in *pl*) आकृति, मुखाकृति, चेहरा-मोहरा, **2** (in *sing*) नक्श (every ~ of his face)

linear लिनिअर *a* **1** रेखा या रेखाओं का, रेखीय, रेखामय, **2** *math, phys* केवल लंबाई में (नापा हुआ), एकविमीय; (of equation) एकघाती; **3** लंबा और बहुत कम चौड़ा

lineation लिनिएशन *n* रेखाएं बनाना, रेखांकित करना, रेखांकन, रेखाओं का विन्यास

linen लिनिन *a* & *n* सन का बना हुआ [~ cloth], *n* **1** सन का कपड़ा, छालटी, लिनन, **2** *collect* लिनन की कमीजें, चादरें आदि; **to wash one's dirty linen at home, in public** घर के झगड़े लोगों को न सुनाना, लोगों को सुनाना

liner लाइनर *n* (कंपनी-विशेष का) यात्री-जहाज़; यात्री-विमान

linesman *n* **1** स्थायी रेजिमेंट का सिपाही (see line^{2}, 9 (ii); **2** *sport* अम्पायर का सहायक (जो यह बताता है कि गेंद सीमा-रेखा को छू गई है या नहीं, रेखा-अवेक्षक; **3** *rail* पटरी-अवेक्षक, **3** = lineman (see line^{2}, 13)

linger लिङ्गर *vi* **1** जाने में देर करना, देर लगाना, विलम्ब करना, **2** (काम) धीरे-धीरे करना, बहुत समय लगाना [to ~ **over** or **(up)**on a subject] **3** (i) पीछे रह जाना [to ~ **behind** others], (ii) बाकी रहना, बना रहना [a doubt still ~s], **4** आवारा फिरना [to ~ **round** a place], **5** (i) (of invalids etc) ज़िन्दगी के दिन पूरे करना, (ii) (of disease) लंबा होना [to ~ **on**]; **~er** *n* पीछे रह जाने वाला, फिसड्डी

lingo लिङ्गो *n* (*derog*) **1** विदेशी भाषा, म्लेच्छभाषा, **2** विषय-विशेष की शब्दावली, वर्ग-विशेष की बोली

lingua franca लिङ्ग्वः फ़्रैङ्कः *n* भिन्न भाषा-भाषियों की आपसी बोलचाल की मिश्रभाषा, जन-भाषा, लोकभाषा [*orig.* a mixture of Italian with French, Greek, Spanish, etc formerly used in east Mediterranean ports]

lingual लिङ्ग्वल *a* & *n* **1** *anat* जिह्वा का, *phonet* जिह्वा का मूर्धा से स्पर्श होने पर बोला जाने वाला वर्ण, मूर्धन्य, **2** भाषा का, भाषा-संबंधी [~ studies]; *n* मूर्धन्य वर्ण *e.g.* d, n, s, r

linguiform लिङ्ग्विफ़ॉर्म *n* जिह्वा के आकार का, जिह्वाकार

linguist लिङ्ग्विस्ट *n* विदेशी भाषाओं का जानकार, बहुभाषाविद्, भाषाविद्, भाषाशास्त्री

linguistic *a* **1** भाषा का, भाषा-संबंधी, भाषागत, **2** भाषाविज्ञान का, भाषा विज्ञान-संबंधी; **~ally** *adv* भाषा या भाषाविज्ञान की दृष्टि से

linguistics लिङ्ग्विस्टिक्स *n* भाषाविज्ञान

liniment लिनिमन्ट *n* (गठिया आदि रोगों के लिए) मालिश की दवा, मर्दन-लेप

lining लाइनिङ्ग *n* अस्तर (see line^{4})

link^{1} लिङ्क *n* & *vt* & *i* **1** (श्रृंखला या ज़ंजीर की एक) कड़ी, **2** जोड़ने या मिलाने वाली चीज, जोड़, मेल, संबंध, नाता, सयोग, संपर्क; **missing link**

(see missing); (*attrib*) **link language** विभिन्न भाषा-भाषियों के संपर्क की भाषा, संपर्क-भाषा, *vt* जोड़ना, मिलाना, संबंध या संपर्क स्थापित करना; सिलसिला मिलाना, to ~ hands हाथ में हाथ देना; to ~ one's arm **in** or **through** another person's arm किसी की बाँह में बाँह डालना, *vi* to link **on** to sth किसी से जुड़ना या मिलना, to ~ **up** जुड़ना, मिलना, ~**-up** *n* मिलन, मेल

link^2 *n* सन के रेशे और तारकोल की बनी मशाल; ~**boy**, ~**man**, मशालची (जो अन्धेरी गलियों में लोगों को राह दिखाता था)

linkage लिङ्किज *n* मिलाना, जोड़ना, संबंध स्थापित करना, संधान

links लिङ्क्स *n pl* 1 समुद्रतट के पास की समतल अथवा लहरदार रेतीली और घास वाली भूमि, वेला, 2 (as *sing* or *pl*) गाल्फ़ का मैदान

linnet लिनिट *a* (यूरोप का) गाने वाला पक्षी-विशेष

linoleum लिनोलिअम *n* फ़र्श पर बिछाने का मोटा कपड़ा, लिनोलियम

linotype लाइनोटाइप *n* अख़बारों की छपाई के लिए टाइप की पूरी-पूरी पंक्तियां बनाने वाली मशीन, पंक्ति-मुद्रक, लाइनोटाइप

linseed लिन्सीड *n* अलसी, अतसी, तीसी, ~ **cake** अलसी की खली, ~ **oil** असली का तेल

lint लिन्ट *n* लिनन का एक तरफ़ से नरम किया हुआ कपड़ा (जिसका फाहा घाव पर रखते हैं), लिंट

lintel लिन्टल *a* 1 दरवाजे या खिड़की के ऊपर का आड़ा शहतीर या पत्थर, सरदल, ~ **slab** सिरदल-फट्टा, 2 मसूर

lion लाइअन *n* 1 सिंह, केसरी, शेर-बबर, ~ **in the way** (वि० काल्पनिक) विघ्न, बाधा; ~**'s mouth** ख़तरनाक स्थिति; **the lion's share** सबसे बड़ा या बढ़िया हिस्सा, 2 साहसी या दिलेर आदमी, 3 साहित्यिक या अन्य क्षेत्र में लब्धप्रतिष्ठ व्यक्ति, यशस्वी या विख्यात आदमी, **to make a lion of s.o.** किसी को बहुत बड़ा समझना, बहुत सम्मान देना, किसी का यश फैलाना, 4 in *pl* नगर के दर्शनीय स्थान, 5 **the British Lion** ब्रिटिश राष्ट्र (का प्रतीक), **to twist the ~'s tail** ब्रिटेन का विरोध या अपमान करना, 6 L~ = Leo, 7 ~**-hearted** शेर-दिल, दिलेर, साहसी; **lioness** *n* सिंहनी, शेरनी; **lionize** *vt* = to make a lion of (see 3 above)

lip लिप *n* 1 होंठ, ओष्ठ, लब; *idioms*: **to bite one's lips** (क्रोध या हँसी दबाने के लिए) होंठ काटना या चबाना, **to curl one's lips** घृणा व्यक्त करना, **to escape one's lips** (बिना सोचे-विचारे) मुंह से निकल जाना [These words escaped my lips]; **to lick** *or* **smack one's lips** (स्वादु भोजन का मज़ा लेते हुए या उसकी आशा से) होंठ चाटना, 2 (*sl*) बड़बड़, बकवास, None of your lips ! बकवास मत करो ! 3 (बर्तन, छिद्र, घाव आदि का) किनारा, लब, 4 **lip-** (*in comb*) दिखावे का, दिखावटी, ऊपरी; **lip-deep** *a* झूठा, दिखावटी, **to pay lip-service to sth** दिखावटी (न कि हार्दिक) भावना या आदर या श्रद्धा आदि व्यक्त करना, ~**stick** ओष्ठरंजनी, लिपस्टिक

lipped *a* (*in comb*) **thin-~** पतले होंठ वाला, **tight-~** मुंह सिये हुए, मौन

liquefaction लिक्विफ़ैक्शन *n* द्रवीकरण, द्रावण, द्रव बनाना; द्रवण, द्रव होना

liquefiable *a* (f. foll) जिसे द्रव बनाया जा सके, जो द्रव बन सके, द्रवणीय

liquefy लिक्विफ़ाइ *vt* & *i* (गैस अथवा ठोस पदार्थ को) द्रव बनाना या बनना, (ठोस को) पिघलाना, पिघलना, द्रवित करना, द्रव बनना

liquescent लिक्वेसन्ट *n* द्रव बनता हुआ, द्रवमान, द्रव होने वाला, द्रवणशील

liqueur लिक्युअर *n* अल्कोहलयुक्त एवं सुवासित तेज़ मदिरा (जिसे प्राय: थोड़ा-थोड़ा करके पीते हैं), ~ **brandy** मदिरा की तरह पीने के लिए ख़ास ब्राण्डी

liquid लिक्विड *a* & *n* 1 तरल, द्रव, 2 जल-सदृश, पानी-जैसा, 3 (पानी की तरह) निर्मल, स्वच्छ, साफ़ [~ eyes, sky, etc], 4 (of sound) प्रवाहमय, मधुर, स्वर-सदृश [*e.g.* य, र, ल, व,], 5 जिसके बदले में आसानी से नकदी मिल सके, जिसे भुनाया जा सके, नकदी-समान [**liquid assets, securities, etc**], *n* तरल पदार्थ, द्रव

liquidate लिक्विडेट *vt* & *i* 1 (ऋण) चुकाना, अदा करना, 2 फ़र्म या कंपनी को बंद करने से पूर्व उसकी पूंजी और देनदारी का हिसाब करना, (कंपनी को) बन्द करना, समाप्त करना, 3 अन्त या ख़ातमा या उन्मूलन करना [to ~ foreign pockets], 4 *vi* (of company etc) दिवाला निकालना

liquidation *n* 1 दिवाला (निकलाना), दिवालिया होना, कारोबार बन्द करना, परिसमापन [**to go into ~**]; 2 उन्मूलन

liquidator *n* दिवालिया कंपनी की पूंजी और देनदारी का हिसाब करने वाला; परिसमापक

liquor लिकर *n* 1 आसव, अर्क; **malt ~** बियर आदि आसव, 2 अल्कोहलयुक्त पेय, सुरा, मदिरा, शराब, 3 **spirituous liquors** ब्राण्डी, ह्विस्की, जिन, रम आदि; 4 to be in ~, to be the worse for ~ शराब के नशे में होना, मदहोश होना; **liquorish** लिकरिश *a* मदिराप्रेमी

liquorice लिकरिस *n* मुलेठी, मुलट्ठी

lira लिअर: *n* इटली का सिक्का

lisp लिस्प *vi* & *t* & *n* 1 तुतलाना, 2 स, श, के स्थान पर त, द आदि बोलना; *n* 1 तुतलाहट, तोतली बोली, (पत्तों की) मर्मर ध्वनि, सरसराहट,

(नदी की) कलकल ध्वनि

list^1 लिस्ट *n* 1 (कपड़े की) कन्नी, किनारा, किनारी, 2 in *pl* नेज़ेबाज़ी के अखाड़े का जंगला; *fig* अखाड़ा, मुकाबले का मैदान; **to enter the lists** (**against s.o.**) अखाड़े में उतरना, मुक़ाबले पर आना, (प्राय: बहस की) चुनौती देना, चुनौती स्वीकार करना

list^2 *n* & *vt* सूची, तालिका, फ़ेहरिस्त; **active list** लाम पर भेजे जा सकने वाले सैनिकों की सूची; **free list** (i) नि:शुल्क प्रवेश पाने वाले दर्शकों की सूची, (ii) करमुक्त वस्तुओं की सूची, *vt* सूची बनाना, सूची में लिखना या डालना

list^3 *vt* (*arch*) चाहना, पंसद करना [ye who ∼ to hear]

list^4 *vi* & *n* (जहाज़, मकान, जंगले का) एक तरफ़ झुकना, *n* झुकाव

list^5 *vi* & *t* (*arch*) = listen

listen लिसन *n* 1 सुनने की कोशिश करना; 2 **to listen to** (i) (बोलने वाले को) ध्यान में सुनना, (ii) किसी (की) बात पर कान देना या कान धरना, कहा मानना; 3 **to listen in** (अनधिकृत रूप से) दूसरे का टेलिफ़ोन सुनना, **to listen in to** रेडियो (कार्यक्रम) सुनना [I ∼ed in to the President yesterday]; ∼**er** *n* सुनने वाला, श्रोता, **listening post** *n* आवाज़ से शत्रु की गतिविधियों का पता लगाने के लिए उसकी चौकियों के निकट स्थित केन्द्र, अनुश्रवण केन्द्र, सुनने की चौकी; *fig* लोगों की बातचीत या अफ़वाहों से सूचना एकत्र करने का उपयुक्त स्थान

listless *a* 1 सुस्त, शिथिल, ढीला, बेजान, 2 लापरवाह, रुचि न लेने वाला, उदासीन, निरुत्साह; ∼**ly** *adv* लापरवाही से; शिथिलता से; ∼**ness** *n* 1 शिथिलता, 2 लापरवाही, उदासीनता, अनौत्सुक्य

litany लिटनि *n* गिरजे में प्रार्थना के समय गाये जाने वाले भजन, उपासना के गीत; सम्मिलित प्रार्थना

literacy लिट्रसि *n* पढ़ने-लिखने की साधरण योग्यता, साक्षरता

literal लिट्रल *a* 1 शाब्दिक, मूल पाठ के एक-एक शब्द को ले कर किया हुआ, ∼ **translation** शाब्दिक अनुवाद, अक्षर-प्रत्यक्षर अनुवाद; 2 शब्द के मूल या वाच्य अर्थ पर आधारित, **in the ∼ sense of the word** शब्द के मूल-अर्थ या वाच्यार्थ में, 3 बिना अत्युक्ति का, सचमुच का, वास्तविक [∼ extermination], 4 वर्ण या अक्षर का, ∼ **error** (छपाई में) वर्ण की ग़लती, 5 (of person) शुष्क, नीरस, बात को ज्यों का त्यों समझने वाला, कल्पना-शक्ति से रहित; ∼**ly** *adv* 1 शाब्दिक अर्थ में, मूल या वाच्य अर्थ में, 2 एक-एक शब्द को लेकर, शब्दश:

literary लिट्ररि *a* 1 साहित्य का, साहित्य-संबंधी, साहित्यिक; ∼ **history of a thing** साहित्य में किसी वस्तु के प्रतिपादन का इतिहास, वस्तु का साहित्यिक इतिहास, 2 (of word or idiom) साहित्य में (न कि बोल-चाल में) प्रयुक्त होने वाला, साहित्यिक, 3 ∼ **man** साहित्यकार, साहित्यिक, पंडित

literate लिट्रिट *a* जो पढ़-लिख सके, कुछ पढ़ा-लिखा, साक्षर

literati लिटराटि *n pl*. साहित्यकार, साहित्यिक वर्ग

literator लिटरेटर *n* = littérateur

literature लिट्रिचर *n* 1 साहित्य, वाङ्मय, 2 साहित्य-रचना, साहित्यिक व्यवसाय, साहित्य-क्षेत्र, 3 विषय-विशेष के ग्रन्थ, साहित्य [the ∼ of a subject]

litharge लिथार्ज *n* मुर्दा संग, मुर्दासंख.

lithe लाइद *a* 1 लचीला, लचकदार [∼ movement], 2 नम्य, नमनशील, नरम [∼ muscles], ∼**ness** *n* लचक, लचीलापन, नम्यता; ∼**some** = 2 above

lithia लिथिअ *n* 1 = lithium oxide (see foll), 2 **lithia water** गठिया की दवा-विशेष

lithium लिथिअम *n* (*chem*) (सफ़ेद रंग की) धातु-विशेष

lithograph लिथ-ग्राफ़ *n* शिलामुद्रित लेख या प्रति, शिलामुद्र, ∼**er** लि-थॉग्रफ़र *n* पत्थर की छपाई करने वाला, शिलामुद्रक; ∼**ic** *n* शिलामुद्रण का, शिलामुद्रित; ∼**y** लिथॉग्रफ़ि *n* पत्थर की छपाई, शिलामुद्रण

lithosphere लिथस्फिअर *n* 1 धरती की ऊपरी परत, भूपृष्ठ; 3 पृथ्वी का ठोस भाग (न कि समुद्र या वायुमंडल); स्थलमण्डल

lithotomy लिथॉटमि *n* पथरी का आपरेशन

litigant लिटिगन्ट *n* & *a* (f. litigate) मुकदमा लड़ने वाला, मुकदमेबाज़

litigate लिटिगेट *vi* दावा करना, नालिश करना, मुकदमा लड़ना, मुकदमेबाज़ी करना; **litigation** लिटिगेशन *n* मुकदमेबाज़ी

litigious लि-टिजस *a* 1 मुकदमेबाज़ी का, जिसके बारे में मुकदमा चलाया या लड़ा जा सके, वादयोग्य [a ∼ case], 2 (of person) प्राय: मुकदमा लड़ने वाला, मुकदमेबाज़

litmus लिट्मस *n* एक प्रकार की काई से प्राप्त नीला रंग जो तेज़ाब से लाल हो जाता है और फिर अल्कली लगने से नीला हो जाता है, लिटमस

litotes लाइट-टीज़ *n* 1 व्यंग्यार्थक न्यूनोक्ति, 2 कोई भाव व्यक्त करने के लिए उसके विपरीतार्थक शब्द के साथ 'not' का प्रयोग करना (*e.g.* no small = great; not bad = बहुत अच्छा); सनिषेध मंडनोक्ति

litre लीटर *n* द्रव की नाप-विशेष, लिटर

litter^1 लिटर *n* 1 पालकी, डोली, (रोगी के लिए) डांड़ी, 2 (पशुओं के लिए) घास-फूस का बिछौना,

पशु-बिछाली, 3 खेत पर का घास-फूस और गोबर आदि, 4 इधर-उधर बिखरे हुए काग़ज़-पत्र, कागज़ों का ढेर, कूड़ा-करकट, 5 गड़बड़, अव्यवस्था, अस्तव्यस्तता [The room was in a ~], 6 (पशु के) एक बार में होने वाले बच्चे, झोल [a ~ of puppies], 7 ~-basket, ~-bin कूड़ादान

litter^2 *vi* & *t* 1 अस्त-व्यस्त करना, अव्यवस्थित करना, इधर-उधर बिखराना, बिखरा पड़ा रहने देना, [The room was ~ed **with books** and newspapers], 2 (of animal) (बच्चे) देना; (*abs*) ब्याना, 3 (पशु के लिए) घास-फूस बिछाना [to ~ (down) a horse etc]

littérateur F ली-टें`राटर *n* साहित्यकार, साहित्यिक

little लिटल *a* (less, lesser, *littler*, least, littlest; also smaller, smallest), *n* & *adv* (less, least), 1 छोटा, नन्हा, लघु, छोटे कद का, the little finger or toe सब से छोटी उंगली, कनिष्ठिका, 2 क्षुद्र, ओछा, कमीना, नगण्य, 3 (his, her, its, our) **little ones** बच्चे, 4 **a little** कुछ, थोड़ा, अल्प, तनिक [Wait a little while], *n* 1 थोड़ी मात्रा, बहुत थोड़ा, न के बराबर [He eats little or nothing], 2 **not a little** बहुत, बहुत कुछ [He did not a little for the cause], 3 **a little** ज़रा सी चीज़ या बात [a little **makes** him laugh]; **little by little, by ~ and ~** थोड़ा-थोड़ा करके, धीरे-धीरे, क्रमशः, *adv* बहुत कम [little known authority], बिल्कुल नहीं [He little knows what the consequences will be], ~**ness** *n* 1 छोटाई, लघुता, अल्पता, 2 क्षुद्रता, ओछापन

littoral लिटरल *a* & *n* समुद्र के किनारे का, (समुद्र-)तटवर्ती, *n* तटवर्ती प्रदेश

liturgical लि-टर्जिकल *a* (see foll) उपासना का, प्रार्थना का, उपासना-पद्धति का

liturgy लिटर्जि *n* 1 (ईसाई धर्म की) उपासना, उपासना-पद्धति, 2 प्रार्थना-पुस्तक

livable, **liveable** लिव-बल *a* (of house, climate) रहने योग्य, बसने योग्य, वास-योग्य, (of life) बिताने योग्य, (of companion): ~ **with** जिसके साथ रहा जा सके या निर्वाह हो सके, मेल-मिलाप वाला

live^1 लाइव *a* 1 जीवित, जिन्दा, जीता-जागता, जीवन्त, प्राणवान्, 2 *joc* सचमुच का, असली [a real live burglar, engine, mountain, etc], 3 **live issue** जीवन्त प्रश्न; मामला या सवाल जो फीका न पड़ गया हो, 4 (of **shell**, cartridge, match, etc), (बम) जो अभी फटा न हो, अनफटा, (कारतूस) जो अभी चला न हो, अनचला, (दीयासलाई) जो जली न हो, अनजली; 5 ~ **coal** दहकता हुआ कोयला, 6 **live wire** (i) तार जिसमें बिजली हो, (ii) बहुत जोशीला या बड़ा उत्साही व्यक्ति [He's a live wire], 7 *comb:* ~-**bait** (मछली को फंसाने के लिए) जीवित मछली या कीड़ा; ~ **birth** सप्राण जन्म (opp still birth), **livestock** पशुओं के रूप में माल, पशुधन, ढोर-डंगर, मवेशी

live^2 लिव *vi* & *t* 1 जीना, जीवित रहना, ज़िन्दा रहना, रहना, 2 निर्वाह करना, गुज़र करना, बसर करना [to ~ **on vegetables**], to ~ **on** air मानो बिना खाए रहना, 3 जीविका कमाना [He ~s by his pen], 4 **live and let live** जियो और जीने दो, सब को जीने दो, दूसरों के दोषों पर ध्यान न दो ताकि वे भी तुम्हारी त्रुटियों की आलोचना न करें, 5 **to live up to one's principles, faith,** etc अपने सिद्धान्तों, विश्वास आदि पर पूर्णतः आचरण करना, **to ~ up to one's promise** वादा पूरा करना या निभाना, 6 **to live from hand to mouth** (see hand^1); 7 *vt* **to live down a scandal etc** अच्छे आचरण द्वारा अपना कलङ्क धो डालना, अपने विषय में लोगों का सन्देह मिटा देना, 8 बिताना [to ~ a virtuous life]; **to ~ in a small way** थोड़े में निर्वाह करते हुए शान्तिपूर्वक जीवन बिताना; **to ~ with sth** (अप्रिय स्थिति) सहने का अभ्यस्त हो जाना

livelihood लाइव्लिहुड *n* जीविका, आजीविका, वृत्ति, रोजी, रोज़गार

liveliness *n* 1 सजीवता, 2 जोश, उत्साह, स्फूर्ति 3 प्रफुल्लता, खुशमिज़ाजी, ज़िन्दादिली

livelong लिव्लोँङ्ग *a* (*poet*, *rhet*) **the livelong day, night, summer, etc** सारा दिन, दिन भर, सारी रात, रात भर इत्यादि [*N.B.* the expr. implies weariness or delight]

lively लाइव्लि *a* 1 जीवन्त, सजीव, जीता-जागता, हूबहू [a ~ description], 2 जोशीला, जोशभरा, फुर्तीला [He looks ~], स्फूर्तिमय, उत्साहपूर्ण, प्राणवान् ज़ोरदार, गरमागरम [a ~ discussion]; to **take** a ~ interest in sth किसी बात में गहरी दिलचस्पी लेना, **3** (of colour) शोख़, चमकीला, 4 (of person) प्रफुल्ल, उल्लसित, खुशमिज़ाज, ज़िन्दादिल, विनोदी

liven लाइवन *vt* & *i* (*colloq*) जान डालना, हिम्मत बढ़ाना, प्रोत्साहित करना, *vi* **हिम्मत बांधना**, उल्लसित होना, प्रफुल्ल होना

liver^1 लिवर *n* जिगर, यकृत्, कलेजा, 2 (जानवर के) कलेजे का मांस, कलेजी, 3 **liverwort** पौधा-विशेष जिसके पत्ते यकृत् के आकार के होते हैं

liver^2 *n* (अमुक ढंग से) रहने वाला, **clean ~** शुद्ध आचार वाला, **good ~** (i) सदाचारी व्यक्ति, (ii) अच्छा खाने-पीने वाला; **loose ~** व्यभिचारी

liverish *a* (f. liver^1) 1 पित्तविकार से पीड़ित, 2 चिड़चिड़ा

liveried लिवरिड *a* (f. foll 1) वर्दी में, बावर्दी

livery लिवरि *n* 1 वर्दी, पोशाक, 2 (घोड़े को

चारा आदि देने का) भत्ता; to take, keep, horses at ~ मालिक से ख़र्चा लेकर अपने अस्तबल में घोड़े पालना; **livery stable** अस्तबल या अश्वशाला जहां दूसरों के घोड़े पाले जाते हैं या घोड़े किराये पर दिये जाते हैं, किराये का अस्तबल, 3 *law* (i) जायदाद का कब्ज़ा देना, अर्पण (ii) कब्ज़ा देने का आदेशपत्र, दख़लनामा

livid लिविड *a* 1 सुरमई, नीलाभ, काला-नीला (जैसी कि चोट लगने से त्वचा हो जाती है) [There were ~ bruises on the body], बदरंग, **~ity, ~ness** *n* सुरमई रंग, बिगड़ा हुआ रंग

living^1 लिविङ्ग *n* 1 जीविका, आजीविका, रोज़ी, गुज़ारा, निर्वाह [**to make** *or* **earn a, one's, living** as a teacher etc], **cost of living** निर्वाह-ख़र्च, 2 **good ~** अच्छा खाना-पीना; **plain ~ and high thinking** सादा आहार और उच्च विचार; 3 *comb*: **~-room** दिन में सब के इस्तेमाल का कमरा, बैठक; **~ wage** मजूरी जिससे निर्वाह हो सके, निर्वाहयोग्य वेतन,, गुज़ारे-लायक मज़ूरी

living^2 *a* 1 जीवित, ज़िन्दा, विद्यमान, आजकल का, 2 **the living** *n* ज़िन्दा लोग, **in the land of the ~** जीवलोक में, जीवित, ज़िन्दा; 3 (of likeness) हूबहू, **4 within** *or* **in living memory** किसी (जीवित व्यक्ति) की स्मृति में, **5 a ~ death** मौत से बदतर ज़िन्दगी, यातनामय जीवन

lixiviate लिक्-सिविएट *vt* पदार्थ को पानी में घोल और छान कर उसके घुलनशील और अघुलनशील तत्वों को अलग करना, नियारना, निक्षालन करना; **lixiviation** *n* निक्षालन

lizard लिज़र्ड *n* छिपकली, गोधिका

lo लो *int* (*arch*) देखो! वह देखो !

loach लोच *n* नदी-तालाब में पाई जाने वाली छोटी भक्ष्य मछली

load^1 लोड *n* 1 भार, बोझ, बोझा [a cartload of bricks], 2 दबाव [load per unit **area**], 3 बिजली के ख़र्च की मात्रा, उद्भार, 4 (बन्दूक आदि की) गोली, कारतूस, गोला, बारूद, 5 उत्तरदायित्व का बोझ, चिन्ता; **to have a load on one's mind** मन पर चिन्ता का भार होना, चिन्ता से आक्रान्त होना; **to take a load off s.o.'s mind** किसी को चिन्तामुक्त करना, 6 (in *pl*, *colloq*) **loads of** बहुत, ढेर सा; 7 **load-shedding** (किसी इलाके में कुछ समय के लिए) बिजली बन्द कर देना

load^2 *vt* & *i* 1 (जहाज़, गाड़ी, छकड़ा अथवा माल) लादना; लादा जाना, लदना, 2 बोझ डालना [stomach **~ed with** food], 3 बहुत मात्रा में देना, भरमार करना [to ~ s.o. **with** favours, gifts, praise, work, abuse, etc.], 4 (बन्दूक आदि में) गोली या कारतूस भरना, बारूद भरना [to ~ a gun (**with** a cartridge)]; **I am loaded** मेरी बन्दूक भरी हुई है

loaded लोडिड *a* 1 लदा हुआ, भरा हुआ, 2 (of **gun** etc.) जिसमें गोली आदि भरी हुई हो; **a ~ question** (फँसाने के लिए पूछा गया) गूढ़ अर्थ वाला प्रश्न, फंसाने वाला प्रश्न

loading *n* लदान, लदाई, भराई

loadstone, lodestone लोड्स्टोन *n* 1 लोहे का आक्साइड जिसमें चुम्बकीय गुण होता है; प्राकृतिक चुम्बक, चुम्बक पत्थर, 2 *fig* आकर्षक वस्तु; **loadstar, lodestar** लोड्स्टार *n* (नाविक के लिये) पथप्रदर्शक तारा, वि॰ ध्रुव तारा; *fig* पथप्रदर्शक सिद्धान्त; उद्देश्य, ध्येय

loaf^1 लोफ़ *n* (*pl* **loaves**) 1 डबलरोटी, पावरोटी, **loaves and fishes** निजी लाभ (का लालच); **Half a ~ is better than no bread** भूखा रहने से आधी रोटी ही भली ! सारा जाता देखकर आधा ले बचा! समझौता कर लेने की नीति (opp. all or nothing), 2 (also sugar-~) (गोल केक की शक्ल का) चीनी का डला; **~ sugar** डले की चीनी

loaf^2 *vi* & *t* 1 आवारा फिरना, आवारागर्दी करना, निरुद्देश्य घूमना [to ~ (**about**)], 2 *vt* बेकार रह कर समय खोना [to ~ time away]; **~er** *n* 1 आवारागर्द, 2 गुण्डा, बदमाश, लुच्चा; **~ing** *n* 1 आवारागर्दी, 2 बेकार रहना, कुछ काम न करना, समय गंवाना

loam लोम *n* 1 चिकनी मिट्टी तथा रेत और भूसे आदि का गाढ़ा लेप जो ईंट बनाने और पलस्तर करने आदि के काम आता है, दुमट; गारा, 2 उर्वर मिट्टी या धरती (जिसमें रेत और गली-सड़ी वनस्पति मिली हुई हो)

loan लोन *n* & *vt* 1 उधार, ऋण, कर्ज़, मंगनी, [May I have the ~ of your bike ?] **to have sth on ~ from s.o.** किसी से कोई चीज़ उधार लेना, 2 **~ word** दूसरी भाषा से आया या लिया हुआ शब्द; *vt* (now chiefly U.S; 'lend' is more usu) उधार देना [**to ~ sth** to s.o.]

loath, loth लोथ *pred a* जिसे चाह या इच्छा या रुचि न हो, अनिच्छुक, अनुत्सुक, बेदिल [to be ~ **to do sth**], to be ~ for s.o. to do sth यह न चाहना कि अमुक व्यक्ति अमुक काम करे, 2 **nothing loath** *adv* & *a* बड़ी खुशी से (काम करने वाला) [He did it nothing ~]

loathe लोद *vt* 1 से जी मिचलाना, को बुरा लगना [I ~ the smell of wet paint], 2 घृणा करना, नफ़रत करना [I ~ doing it]

loathsome लोद्सम *a* जिससे जी मिचलाने लगे, अरुचिकर, घृणाजनक, घृणित

lob लॉब *vt* & *n* 1 *crick* (हाथ को कुहनी से नीचे कर के) धीरे से गेंद फेंकना, 2 *tennis* गेंद को ऊंचा उछालना; *n* (*crick*) धीरे से फेंकी गई गेंद, *tennis* ऊंची उछाली गई गेंद

lobate लोबेट *a* (*biol*) (see lobe) जिसमें एक

या अधिक गोलखण्ड हों, गोलकयुक्त, पिण्डयुक्त, पालियुक्त

lobby लों॑बि *n* & *vt* 1 उपकक्ष, 2 *Parl* (i) बड़ा कमरा जहां बाहर के लोग आ कर सदस्यों से भेंट कर सकते हैं, दर्शक-कक्ष, गोष्ठीकक्ष, (ii) (also **division lobby**) दो उपकक्ष जहां मतविभाजन के समय सदस्यों को जाना होता है, मत-विभाजन कक्ष; (नीति-विशेष का) समर्थक वर्ग [There is a ~ inside the Cabinet which favours moderation]; anti-nuclear ~ परमाणु-युद्ध के विरुद्ध प्रचार करने वाला वर्ग; *vt* सदस्यों से अनुरोध करना, सदस्यों पर दबाव डालना, 2 (गोष्ठीकक्ष में) वोट मांगना, मत याचना करना, 3 दर्शक-कक्ष या गोष्ठी कक्ष में आना-जाना; **lobbying** *n* गोष्ठीकक्ष में प्रचार

lobe लोब *n* गोलाकार एवं कुछ-कुछ चिपटी लटकती हुई वस्तु (जिस तरह की प्रायः दो वस्तुएं परस्पर जुड़ी हुई होती हैं), पिण्ड, पिण्डक, खण्ड, गोलखण्ड, गोलक [~ of liver *or* lungs], ~ of **ear** कान की ललरी, लौ, पालि

lobectomy ल-बेक्टमि *n* (*med*) अंग के एक खण्ड का काटना, खण्डोच्छेदन (*e.g.* ~ of a **lung** etc)

lobelia लोबीलिअ *n* नीले, बैंजनी अथवा सिन्दूरी फूलों वाला पौधा-विशेष, लोबेलिया

lobscouse लों॑बस्‌काउस *n* जहाज़ी कर्मचारी का भोजन जिसमें सब्जियों के साथ पकाया हुआ मांस तथा बिस्कुट होते हैं

lobster लों॑ब्स्टर *n* केकड़े की तरह का बड़ा समुद्री जीव, झींगा,

lobule लों॑ब्यूल *n* छोटा पिण्डक या गोलक पिण्डिका [*dim* of lobe]

lobworm लों॑ब्‌वर्म *n* मछली फसाने के काम आने वाला (i) एक प्रकार का बड़ा केंचुआ, (ii) समुद्री कीड़ा

local(e) लोकाल *n* 1 घटना-स्थल, मौका, 2 (उपन्यास का) कार्यस्थल

local लोकल *a* & *n* 1 स्थान का, जगह का [London is a ~ name], 2 अमुक स्थान का, यहीं का, वहीं का, स्थानीय, स्थानिक [~ time etc], 3 (i) सीमित क्षेत्र में होने या पाया जाने वाला, प्रादेशिक, स्थानिक [~ flower, rain, etc] (ii) अंग-विशेष का [~ **anaesthetic, pain, etc**], 4 नगर का, नगर के लोगों का, स्थानीय [~ administration, government, etc.], 5 **local colour** (उपन्यास आदि में वर्णित) स्थान या काल का विस्तृत विवरण (जिससे कि उपन्यास की घटनाएं वास्तविक प्रतीत हों), स्थानीय विवरण, समकालीन घटनाओं का वर्णन, स्थानीय रंग, *n* स्थानीय आदमी या वस्तु, यहीं (या वहीं) का रहने वाला

localism लोकलिज़म *n* 1 स्थान या नगर आदि के प्रति अनुराग, लगाव; विचारों की संकीर्णता, स्थानीयता, 2 स्थानीय मुहावरा, रिवाज आदि

locality लोकैलिटि *n* 1 स्थान, जगह, गांव, नगर, 2 (पशु या पक्षी-विशेष के पाये जाने का) इलाका, प्रदेश, 3 घटनास्थल, मौका

localization *n* (see foll.) स्थानीकरण

localize लोकलाइज़ *vt* 1 किसी नगर या प्रदेश की विशेषताओं से संपन्न करना, 2 स्थान या प्रदेश-विशेष तक सीमित रखना, अन्यत्र न फैलने देना [to ~ an epidemic], 3 = decentralize

locate ल-केट *vt* 1 (स्थान-विशेष में) स्थापित करना; in *pass* स्थित होना [Where is the hospital located?]; 2 किसी वस्तु का स्थान बताना, स्थान-निर्देश करना [to ~ a town on the map], 3 ठीक जगह का पता लगाना, पता पाना, ढूंढ लेना [to ~ the enemy's camp], 4 *electr* to ~ a fault पता लगाना कि नुक्स कहां है

location लोकेशन *n* 1 स्थान, जगह, अवस्थिति, 2 स्थान का पता लगाना; 3 (भवन के लिये) स्थान निर्धारित करना

locative लों॑क-टिव *n* (*gram*) अधिकरण कारक, सप्तमी विभक्ति

loch लों॑क *n* 1 (स्काटलैंड में) झील, 2 तंग खाड़ी

lock¹ लों॑क *n* 1 बालों का गुच्छा, लट, अलक, in *pl* (सिर के) बाल, केशकलाप, 2 ऊन या सूत का गुच्छा

lock² *n* 1 ताला, **to pick a ~** चाबी के बजाय मुड़ी हुई कील डाल कर ताला खोल लेना, ताला तोड़ना; **to be** *or* **keep sth under lock and key** ताले में (बन्द) होना; ताले में रखना, 2 पहिये को घूमने से रोकने वाला पुर्ज़ा, अड़ा, अड़का, रोक, 3 बन्दूक का घोड़ा; **lock, stock, and barrel** सारा का सारा, समूचा, समग्र, 4 नहर का वह भाग जहां उसका तल एक दम नीचा हो जाता है और जहां से नावों का गुज़रना सुगम बनाने के लिए जलफाटकों को खोल या बन्द करके पानी का स्तर ऊंचा या नीचा किया जा सकता है, जलपाश, जलबन्ध [to pass a barge through a ~], 5 (also **lock hospital**) गुप्त रोगों का अस्पताल, रतिरोग-चिकित्सालय; 6 *comb*: **locksmith** ताले बनाने वाला, तालों की मरम्मत करने वाला, तालासाज़, **~-gate** (नहर में) जलपाश-द्वार, जलद्वार, जलफाटक, **lockjaw** = trismus; **~-stitch** गांठदार बखिया, दुहरी बखिया

lock³ *vt* & *i* 1 ताला लगाना, ताला बन्द करना, बन्द करना; (of door) ताला लगना, ताला बन्द होना [The door ~s on the inside]; 2 **to lock the stable door after the horse has been stolen** घोड़ा चुराये जाने के बाद अस्तबल को ताला लगाना; नुक्सान हो चुकने पर सावधानी बरतना; 3 (of hills, land, etc) घेरना; usu in *pass* पहाड़ियों आदि से घिरा होना; 4 in *pass* (i) of person) to be ~ed (together) in struggle

गुत्थमगुत्था होना, (ii) (of parts of machine) एक-दूसरे में फंस जाना, **5** (i) (नहर आदि में) जलपाश बनाना (see lock^2, sense 4), (ii) नाव को जलपाश में से ले जाना [to ~ a boat **up** *or* **down**], **6** (with *prepp*) **to ~ s.o. out** (ताला लगा कर किसी को) अन्दर न आने देना; to lock **up** (i) व्यक्ति को हवालात में बन्द करना, (ii) वस्तु को ताले में रखना, (पूंजी) ऐसे काम में लगाना कि फिर नकदी मे बदलना कठिन हो [His capital is locked up in land], **7** *comb*: **lock-up** *n* हवालात; **lock-out** *n* (मालिक का) मज़दूरों को काम पर न आने देना, तालाबन्दी

locker लॉकर *n* **1** तालेदार अलमारी, तिजोरी, पेटी, लाकर, **2** *naut* कपड़े, रसद, गोला-बारूद आदि रखने का सन्दूक; **Not a shot in one's** (*or* **the**) **locker** जेब में एक पैसा न होना, बिल्कुल साधनविहीन होना

locket लॉकिट *n* डिबिया की तरह बन्द होने वाली सोने-चांदी की लटकन जिसमें प्राय: किसी का चित्र या बालों का गुच्छा रखा जाता है; लाकेट

loco लोको *n* रेल का इंजन (*abbr.* of locomotive), **loco shed** इंजन-घर **loco workship** इंजन कर्मशाला

locomotion लोक-मोशन *n* **1** एक जगह से दूसरी जगह जाना (न कि चरखी की तरह घूमना), गति, **2** गाड़ी आदि द्वारा यात्रा; जाने का तरीका या साधन

locomotive लोक-मोटिव *a* & *n* **1** गति का, गतिसंबंधी, गति पैदा करने वाला, गतिशील, ~ **engine** रेल का इंजन; *n* रेल का इंजन

loculus लॉक्युलस *n* (*zool*, *anat*, *bot*) अनेक लघुछिद्रों में से एक

locum-tenency लोकम् टीनेंन्सि *n* (f. foll) स्थानापन्नता

locum tenens लोकम् टेनेंन्ज (*also colloq* **locum**) *n* (*pl* **locum tenentes**) स्थानापन्न (डाक्टर, पादरी आदि) [to act as a locum tenens for a doctor]

locus लोकस *n* (*pl* **loci** लोसाई) **1** स्थान, **2** *math* बिन्दुपथ, रेखापथ, पथ, **3 locus in quo** घटनास्थल, **4 locus standi** लोकस् स्टैन्डाइ (व्यक्ति की) मानी हुई हैसियत, अदालत में उपस्थित होने और सुने जाने का अधिकार, दख़ल देने का अधिकार, अधिस्थिति

locust लोकस्ट *n* एशिया और अफ़्रीका में पाया जाने वाला पंखयुक्त कीड़ा जिसके दल के दल उड कर आते हैं और फ़सलों को नष्ट कर देते हैं, टिड्डी, **2** *fig* चीजों को हड़प कर जाने या नष्ट कर देने वाला व्यक्ति, खाऊ, घाऊघप

locution लक्यूशन *n* बोलने की शैली, बोली, मुहावरा

locutory लॉक्युटरि *n* **1** ईसाई मठों में बातचीत का कमरा, वार्तालाप-कक्ष, **2** (मठवासियों और मुलाकातियों की बातचीत के लिए दीवार में बनी) जाली; स्वागत कक्ष

lode लोड *n* **1** नाला, **2** *mining* कच्ची-धातु की परत; **lodestar** (see loadstar), **lodestone** (see loadstone)

lodge^1 लॉज *n* **1** *arch* छोटा घर या मकान, कुटिया, **2** (पार्क या बड़ी कोठी या कालेज के पास) माली या चौकीदार की कोठरी, **3** फ़्रीमेसन-भवन (see freemason)

lodge^2 *vt* & *i* **1** किसी को अपने यहां ठहराना या टिकाना, किरायेदार रखना, किरायेदार रहना [to ~ s.o., (*vi*) to ~ **with** s.o.], **2** (of building) किसी का निवास होना, **3** किसी स्थान में या किसी व्यक्ति के पास (सुरक्षा के लिए) रखना [to ~ money **with** s.o.], **4** गड़ा देना, धंसाना; गड़ जाना, धंस जाना [He ~d a bullet in his brain; the bullet has ~d in his brain], **5** अदालत में या अधिकारी के पास (शिकायत) दर्ज कराना [**to ~ a complaint**; see complaint]; **to ~ a protest** विरोधपत्र भेजना या देना

lodgement, -gment लॉज्मन्ट *n* **1** *mil* शत्रु के मोर्चे के हथियाए हुए भाग में अपना अस्थायी मोर्चा, **2** शत्रु की भूमि पर डट जाना; **3** अड्डा [to make a ~], **4** *law* रुपया जमा कराना; जमा कराई हुई रकम

lodger *n* **1** किराये के कमरे में रहने वाला, किरायेदर, आवासी, **2** किसी के यहां खर्चा देकर रहने तथा भोजन करने वाला [to take (in) ~s]

lodging लॉजिङ्ग *n* **1** किराये के कमरे या कमरों में ठहरना या रिहाइश [a night's ~], **2** निवास, निवास-स्थान, वासा, डेरा, **3 lodgings** (होटल के अतिरिक्त) किराये का कमरा, किराये के कमरे [to let, take, ~s], **3** ~**-house** मकान जिसमें कमरे किराये पर दिये जाते हैं, डेरा

loft लॉफ़्ट *n* & *vt* **1** मकान की सबसे ऊपरी मंज़िल (का कमरा), अटारी, **2** परछत्ती, **3** अस्तबल के ऊपर का कमरा (वि० घास रखने का), **4** (i) कबूतरों का दरबा, कबूतरखाना, (ii) कबूतरों का झुंड [a ~ of pigeons], **5** (गिरजे या हाल कमरे में) गैलरी, दीर्घा, **6** (*golf*) गेंद को उछालने वाली चोट; *vt* **1** (कबूतरों को) दरबे में रखना: **2** *golf* गेन्द को ऊंचा उछालना

loftiness *n* (f. foll) **1** ऊंचाई, उत्तुङ्गता, उदात्तता, **2** उत्कृष्टता, श्रेष्ठता, गौरव, महिमा, **3** गर्व, दर्प, अभिमान

lofty लॉफ़्टि *a* **1** बहुत ऊंचा, उन्नत, उत्तुङ्ग, उच्छ्रित [~ mountain, flight, etc], **2** उदात्त, [~ soul, sentiment, etc], उत्कृष्ट, श्रेष्ठ [~ style]; **3** गौरवान्वित, गौरवशाली, शानदार [~ personage, **4** अपने आप को बड़ा समझने वाला, गर्वीला, अभिमानी, गर्वित, अभिमानपूर्ण

log^1 लॉग *n* **1** काटे गये पेड़ का बड़ा-सा टुकड़ा

(जो चीरा न गया हो), कुन्दा, लट्ठा, **to fall like a ~** बेजान वस्तु या लट्ठे की तरह गिरना, **to lie like a ~** निश्चेष्ट या बेहोश पड़ा रहना; **to sleep like a log** गहरी नींद सोना, 2 A king log कुछ काम न करने वाला राजा, निष्कर्मी राजा, 3 *naut* चर्खी पर लिपटे हुए तार से बंधा हुआ लट्ठों का तिरता बेड़ा जिससे जहाज़ की रफ़्तार नापते हैं, गतिमापक यन्त्र, **to heave, throw, the ~** गतिमापक यन्त्र का प्रयोग करना, 4 *comb*: **log-book** (i) जहाज़ या विमान की प्रतिदिन की रफ़्तार तथा अन्य घटनाओं का दैनिक विवरण लिखने की पुस्तिका, दैनंदिनी, डायरी, (ii) मोटरगाड़ी या यात्री के यात्रा-पथ का विवरण लिखने की पुस्तिका, लाग-बुक; (iii) कार्य की प्रगति का विवरण, कार्यपंजी; **log-cabin** लट्ठों की झोंपड़ी; **log-house** लट्ठा-गृह, **log-line** (जहाज़ की) लाग-डोरी (जिससे गति नापने वाला लट्ठों का बेड़ा बंधा रहता है, (see 3 above); **log-rolling** (वि० एक-दूसरे के राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए) एक-दूसरे का समर्थन, परस्पर-सहायता [f. the phr 'you roll my log and I'll roll yours']

log^2 *vt* **1** जहाज़ की डायरी (में जहाज़ द्वारा तय की गई दूरी या अन्य तथ्य) लिखना; 2 (of ship) दूरी तय करना

log^3 *n* (*math*) = logarithm

logan(-stone) लोगन्(स्टोन) *n* इस तरह रखा हुआ भारी पत्थर कि छूने-मात्र से डोलने लगे, डोलता पत्थर

logarithm लॉग-रिथम *n* गणितीय परिकलनों को सरल एवं संक्षिप्त करने में सहायक विशेष प्रकार के अङ्क, लघुगणक, लागरिथ्म, **~ic** *a* लघुगणकीय; logarithmic table लघुगणक-तालिका

loggerhead लॉगर्हेड *n* 1 मूर्ख, उल्लू, बुद्धू, 2 **to be at, to come to, loggerheads with s.o.** किसी से मतभेद या झगड़ा होना या हो जाना; **to set people at ~s** लोगों में फूट डालना, मतभेद पैदा करना, परस्पर झगड़ा करवाना

loggia लॉजिअ: *n* छतदार मार्ग, आच्छादित वीथिका, दोनों तरफ़ से खुला बरामदा

logic लॉजिक *n* 1 दलील या हेतु आदि प्रस्तुत कर के किसी निष्कर्ष पर पहुंचने की विद्या, तर्कशास्त्र, The Hindu system of logic न्यायशास्त्र, न्यायदर्शन, आन्वीक्षिकी, 2 तर्क, दलील, युक्ति [There is no ~ in what he says]; 3 कायल या मजबूर करने का सामर्थ्य [the ~ of events, facts, war, etc], 4 *comb:* **logic-chopper** व्यर्थ का वाद-विवाद करने वाला, हुज्जती

logical लॉजिकल *a* 1 तर्कसम्मत, तर्कसंगत, युक्तियुक्त, 2 (of person) ठीक तर्क करने वाला, तार्किक; **~ity** *n* तर्कसम्मत होना, तर्कानुकूलता, तर्कानुसारिता, तार्किकता, न्याय्यता; **~ly** *adv* तर्कानुसार, तर्कपूर्वक, तार्किक दृष्टि से, न्याय्यतः

logician ल-जिशन *n* 1 तार्किक, तर्कशास्त्री, 2 logician of the Hindu system नैयायिक

logistic(al) लजिस्टिक(ल) *a* (f. foll), संभार-संबंधी, संभारिक [We will give ~ support to our ally]

logistics ल-जिस्टिक्स *n pl* सैनिकों के यातायात तथा निवास और रसद की व्यवस्था, वाहन-वास-एवं-रसद व्यवस्था, (cf. strategy, tactics); (सेना-)संभारतंत्र, संभार व्यवस्था; सुप्रचालन-विज्ञान

Logos लॉगॉस *n* (no *pl*) शब्द, ईश्वर का शब्द (जो ईसा में साकार हुआ) = Second Person of the Trinity (see trinity)

loin लॉइन 1 *n* (*in pl*) कूल्हा, कमर, कटि, **to gird up one's loins** कमर कसना, काम या सफ़र के लिए तैयार हो जाना, 2 पुट्ठे का गोश्त, 3 **loin-cloth** लंगोटी, कोपीन, लुंगी

loiter लॉइटर *vi & t* 1 to ~ on the way धीरे-धीरे जाना, ठहर-ठहर के जाना, रास्ते में देर लगाना, मटरगश्त करना, 2 आवारा फिरना, आवारागर्दी करना, *vt* to ~ time away आवारागर्दी में समय गंवाना; **~er** *n* मटरगश्त करने वाला, 2 आवारागर्द; **~ing** *n* 1 मटरगश्त, 2 आवारागर्दी

loll लॉल *vt & i* 1 (of dog) to ~ its tongue out जीभ निकाल कर हिलाना, लटकाना, लपलपाना, (of tongue) to ~ **out** लटकना, लपलपाना, 2 पांव पसार कर लेटना, डासना लगाकर बैठना, सुस्ती से पड़े रहना

lollipop लॉलिपॉप *n* (usu in *pl*) चीनी की मिठाई, मीठी टिकिया या गोली

Lombard लॉम्बर्ड *n* 1 छठी शताब्दी में इटली पर आधिपत्य जमाने वाली जर्मन जाति का व्यक्ति, 2 उत्तरी इटली के लोम्बार्डी प्रदेश का निवासी; **~ic** *a* लॉम्बार्डी का, लोम्बार्डी के निवासियों का (वि० उनकी प्राचीन स्थापत्यकला या चित्रकला का)

lone लोन *a* 1 अकेला एकाकी, जिसका कोई संगी साथी न हो, 2 **to play a lone hand** अकेले ही काम करना, बिना किसी की सहायता के काम करना 3 (of woman) कंवारी अथवा विधवा (जिसे किसी दूसरे का सहारा न हो)

loneliness *n* 1 अकेलापन, एकाकीपन, 2 (of place) एकान्तता, निर्जनता, सूनापन

लोन्लि *a* 1 अकेला, एकाकी, जिसका कोई -साथी न हो [a ~ traveller], 2 अकेला होने के कारण उदास [I feel ~], 3 जहां कोई रहता या आता-जाता न हो, एकान्त, निर्जन, सुनसान, सूना, वीरान, उजाड़ [a ~ house, village, etc]

lonesome लोन्सम *a* अकेला, एकाकी, 2 अकेला होने के कारण उदास [a ~ traveller]; 3 अकेलेपन के कारण उदास करने वाला [a ~ journey]

long^{1} लों ङ्ग *a* 1 (in space) लंबा, दीर्घ, बड़ा, दूर तक जाने वाला [long line, distance, journey]; **long cloth** लट्ठा, long ears मूर्खता, बेवकूफ़ी, गधापन; **long face** उदास चेहरा; **to pull a long face** चेहरे पर उदासी होना; मुद्रा गंभीर होना; नाक-भौं चढ़ाना या सिकोड़ना, अरुचि या अनिच्छा व्यक्त करना; **long hand** पूरे अक्षरों की लिखाई, साधारण या सामान्य लिपि (opp. shorthand), ~ **jump** लंबी कूद (opp. high jump); long sight (i) दूर की वस्तुएं देखने की शक्ति, दीर्घ दृष्टि, (ii) दूरदर्शिता; **to have a ~ tongue** बातूनी या वाचाल होना; ~ **wind** बीच में विश्राम किये बिना दूर तक दौड़ने की शक्ति, लंबा दम; *fig* देर तक बोलते या लिखते रहने की शक्ति, 2 (in time) (i) लंबा, दीर्घ, ~ **life** लंबी उमर, दीर्घ आयु; ~ **date** लंबी तारीख़, दूर की तारीख़; ~ **vacation** लंबी छुट्टियां, (गरम देशों में) गर्मियों की छुट्टियां, ग्रीष्मकालीन अवकाश, **in the long run** अन्ततोगत्वा, अखीर में, आखिरकार; (ii) चिरकालिक, पुराना; दीर्घकालिक, ~ **custom** पुराना रिवाज; ~ **memory** पुरानी बातें याद रखने की शक्ति, लंबी या बड़ी याददाश्त; grievances etc **of long standing** पुरानी शिकायतें; 3 लंबा-चौड़ा, विस्तारमय, थका या उबा देने वाला [~ discourse]; ~ price बड़ी कीमत; ~ **purse** बहुत रुपया, धनाढ्यता, *n* 1 लंबा या बहुत समय, लंबी मुद्दत, दीर्घकाल, दीर्घ अवधि, देर [shall see you before ~; He will not take ~. It is ~ since I saw him], 2 लंबा बयान, विस्तृत वर्णन; **the long and the short of it** इसका सार, सारांश, मतलब, निष्कर्ष; *adv* 1 देर से, चिरकाल से, बहुत समय से [Have you been ~ here?]; 2 देर तक, चिरकाल तक [Long live the King!], 3 to be ~ in doing sth किसी काम में बहुत समय लगाना, 4 (*colloq*) **so long!** (चलते समय) नमस्ते! अच्छा, फिर मिलेंगे। 5 **All day** ~ दिन भर, सारा दिन; 6 *comb:* ~**-dated** लंबी अवधि का, ~**-eared** लंबकर्ण, गधा, मूर्ख, ~**-lived** दीर्घायु; ~**-sighted** (i) दीर्घदृष्टि, (ii) दूरदर्शी; ~-standing *a* चिरकालिक, बहुत समय से चला आ रहा [~-standing grievances]; ~ways, ~wise, लंबाई में, ~**-winded** लंबे या बड़े दम वाला

long^{2} *vi* बहुत चाहना, उत्कण्ठित या उत्सुक होना, लालायित होना, तरसना [to ~ **for** sth; to ~ **to do** sth]

longanimity लों ङ्ग-निमिटि *n* (*arch*) धैर्य्यपूर्वक कष्ट सहने का स्वभाव, सहिष्णुता, सहनशीलता, तितिक्षा

longevity लों न्जे विटि *n* दीर्घ आयु, आयुष्मत्ता

longing लों ङ्गि ङ्ग *n* (f. long^{2}) उत्कण्ठा, अभिलाषा, लालसा, ललक

longitude लों न्जि,-लों ङ्गि-टयूड *n* (*geog*) देशान्तर, रेखांश

longitudinal लों ङ्गि-, लों न्जि-ट्यूडिनल *a* 1 देशान्तरीय, देशांतरिक, 2 लंबाई का, लंबाई में (स्थित), अनुदैर्घ्य [~ girder]

long-shore लों ङ्ग्‌शॉर *a* 1 समुद्रतट पर जाने या काम करने वाला, तटीय, तटवर्ती, वेलांचली, 2 **long-shoreman** *n* जहाज़ों पर माल चढ़ाने-उतारने वाला आदमी; ~ **transport** तटीय परिवहन

look^{1} लुक *vi* & *t* 1 *vi* (i) देखना, नजर या निगाह डालना, दृष्टिपात करना [Look **at** the watch, sky, etc], **Look before you leap** (परिणाम को) सोच-समझ कर कदम उठाओ, जल्दबाज़ी न करो, (ii) Which way does the house ~? मकान का आगा या मत्था किस तरफ़ है? **Look sharp**! जल्दी करो! समय नष्ट न करो! 2 *vt* **to look** s.o. **(full) in the face** (i) साहसपूर्वक सामना करना [He looked death (*or* his enemy etc) in the face], (ii) किसी से आंख मिलाना, किसी को आँख भर कर देखना, किसी को टकटकी बांध कर देखना; **to** look s.o. up and down किसी को एड़ी से चोटी तक या सिर से पैर तक देखना, 3 (*predicative*) लगना, प्रतीत होना, मालूम होना, दिखाई देना, **to** ~ **happy** प्रसन्न दिखाई देना, **to** ~ **ill** बीमार लगना; **to** ~ **well** (i) स्वस्थ दिखाई देना, (ii) सुन्दर लगना, **to look** small कमीना या नीच सिद्ध होना; कमीनापन ज़ाहिर हो जाना; **It looks like** rain लगता है वर्षा होने वाली है; 4 with *prepp* & *advv* (i) **to** ~ **after** देखभाल करना, ख़्याल रखना; He is able to look after himself वह अपना ख़्याल स्वयं रख सकता है, वह अपनी आवश्यकताएं स्वयं पूरी कर सकता है; (ii) **to** ~ **back** (a) मुड़ कर देखना, (b) **to** ~ **back upon** the past अतीत का स्मरण करना या स्मरण हो आना; (iii) **to** ~ **down upon** s.o. किसी को घृणा की दृष्टि से देखना, घृणा करना, घटिया या तुच्छ या हेच समझना, (iv) **to** ~ **for** (a) तलाश करना, तलाश में रहना, (b) आशा करना, (v) **to look forward** to sth किसी बात की उत्सुकता से प्रतीक्षा करना, शौक से इन्तज़ार करना [I'm looking forward to seeing you again], (vi) **to** ~ **into** जांच या छानबीन करना [I'll look into the matter at the earliest], (vii) **to** ~ **on** *or* **upon s.o.** *or* **sth as** समझना, ख़्याल करना [Some people look upon the Epics as mere myths]; (viii) **to** ~ **out for** s.o. किसी की तलाश में रहना, प्रतीक्षा करना; (ix) **to** ~ **through** (a) पढ़ जाना, (b) खूब समझना, ताड़ जाना [I looked through his game]; (x) **to** ~ **to** ध्यान रखना, ख़्याल रखना [Look to my needs]; (xi)

(a) **to ~ up** (क़ीमतों का) बढ़ना, (व्यापार में तेजी आना, (अर्थव्यवस्था में) सुधार होना [Our economy is looking up], (b) **to ~ up to** s.o. किसी को आदर की दृष्टि से देखना, किसी के प्रति आदरभाव होना; (c) **to look s.o. up** किसी से (थोड़ी देर) मिलने जाना; 5 *comb*: **look-out** (i) देखभाल, निगरानी, चौकसी [Keep a good look-out]; **to be on the look-out** निगरानी करना, चौकस रहना; to be on the look-out **for** s.o., sth किसी की तलाश में अथवा प्रतीक्षा में रहना, (ii) आगे आने वाली स्थिति, भविष्य होनहार, भाग्य [It's a bad look-out for him]; (iii) अपना या निजी मामला या काम या ज़िम्मेदारी [That is his look-out]

look^{2} *n* 1 चितवन [a scornful ~], 2 दृष्टि, नजर, निगाह, to have *or* take a look at sth नजर या निगाह डालना [Let us take a look at the plan], 3 (in *sing* or *pl*) आकृति, शक्ल, शक्ल-सूरत, चेहरा, चेहरा-मोहरा, रूप; **good looks** सौन्दर्य, अच्छी सूरत, (of thing etc) रूप [Connaught Place has been given a new ~]; **don't like the ~ of this** मुझे इस से डर-सा लगता है; यह ख़तरनाक है

loom^{1} लूम *n* 1 करघा, 2 (पतवार का) डंडा

loom^{2} *vi* 1 दूरी में या धुंध में अस्पष्ट दिखाई देना, रूप धारण करना, प्रकट होना [A ship loomed (up) in the fog], 2 (of danger, event, war etc) **to loom large** बहुत निकट या सिर पर आ जाना, बड़ा और भयङ्कर रूप धारण करना, भयङ्कर लगना, [The threat of war looms large in our minds]

loon लूंन *n* कई प्रकार के जलपक्षी (वि० ग़ोताख़ोर पक्षी)

loop लूप *n* 1 घेरा, चक्कर, छल्ला, **the loop**= **I.U.C.D.**, 2 रस्सी का घेरा, फंदा, पाश, 3 *rail* (also **loop-line**) मुख्य लाइन से अलग हो कर कुछ स्टेशनों के बाद फिर उससे आ मिलने वाली लाइन, धनुषाकार लाइन, चाप-लाइन, लूप-लाइन

loop^{2} *vt & i* 1 (रस्सी, फीते आदि का) घेरा बनाना, फंदा बनाना, (किसी को) घेरे में फांसना, घेर लेना; (of airman) **to loop the loop** आकाश में कुंडल बनाना, 2 *vi* कुण्डलाकार बनना, कुण्डलित होना

looper लूपर *n* (कई प्रकार के पतंगों का) डिम्भ (जो कुंडलाकार हो कर चलता है)

loophole लूप्होल *n* 1 (किले की दीवार में) गोली दागने या झांकने के लिये बना खड़ा छिद्र, झिरी, चीर, 2 (नियम आदि की शब्दावली की त्रुटि के कारण उससे) बचने का रास्ता, त्रुटि [There are many ~s in the law]

loose^{1} लूस *a & n* 1 (i) जो कसा या बंधा हुआ न हो, ढीला, हिलता हुआ [~ tooth etc]; **to come** *or* **get ~** अलग हो जाना, (of knot) खुल जाना; **~ bowels** नरम पेट, **~ end** (रस्सी आदि का) लटकता हुआ सिरा, (*colloq*) **to be at a loose end** कोई ख़ास काम-धंधा न होना, बेकार होना, कुछ समय के लिए ख़ाली होना, **~ fabrics** झीना या झंझरा कपड़ा; **~ clothes** ढीली-ढाली पोशाक; **~** earth *or* soil धरती या मिट्टी जो ठोस न हो, नरम मिट्टी: **2 to have a ~ tongue** बकवादी होना, बहुत बातें करना, **loose talk** ग़ैरज़िम्मेदाराना बातचीत, बड़बड़, गप-शप; 3 **~ tea** जो डिब्बे में बन्द न हो, खुली चाय, 4 बन्धनमुक्त, आज़ाद, **to let ~** (बंधे हुए को) खोल देना [to let a dog etc. ~]; **to break ~** बलपूर्वक बन्धनमुक्त होना, खुल जाना, निकल भागना (also see break^{1}, II, 1) 5 (of statement, ideas) अस्पष्ट, अनिश्चित, धुंधला; (of **translation**) जो ठीक या हूबहू न हो; गोल-मोल; (of style) (व्याकरण की दृष्टि से) अशुद्ध, 6 (of person, morals, character, etc) मर्यादाहीन, भ्रष्ट, असंयमी, संयमरहित, असंयत, 7 **~ change** रेज़गारी, छोटे सिक्के, *n* 1 मर्यादाहीनता, संयमहीनता, असंयम, **to be on the ~** (i) गुलछर्रे उड़ाना, (ii) उछल-कूद करना; असंयत व्यवहार करना, अनुशासनहीन होना, 2 स्वच्छंद अभिव्यक्ति [to give a ~ to one's feelings]

loose^{2} *vt* 1 बन्धन या नियंत्रण हटाना, संकोच दूर करना, (ज़बान) खोलना [Wine ~d his tongue], 2 ढीला करना, (गाँठ, बेड़ियां, बाल आदि) खोलना, 5 to ~ (off) (बाण) चलाना, छोड़ना

loosen लूसन *vt & i* 1 खोलना [to ~ a knot], to ~ s.o.'s tougue किसी की ज़बान खोलना, to ~ the bowels कब्ज़ दूर करना या खोलना, 2 ढीला करना, [to ~ a screw]; ढीला या शिथिल करना [to ~ the control, discipline, etc], 3 *vi* ढीला होना, खुलना, [The knot loosens]

loot लूट *n & vt* 1 लूट, लूट-पाट, 2 लूट का माल; *vt* लूटना, लूट-पाट करना [to loot a shop, town, etc]; **~er** *n* लूटने वाला, लुटेरा

lop^{1} लॉप *vt* (-pp-) पेड़ की शाखाएं या टहनियां (या कभी-कभी सिरा) काट देना, [to lop away, off, the branches, twigs, (*and rarely*) the top of a tree], 2 (आदमी का कोई अंग या सिर) काट देना

lop^{2} *vi & n* लटकना, 2 **to ~ about** आवारा फिरना, आवारागर्दी करना, बेकार रहना या फिरना, समय नष्ट करना, 3 **lop-ears** *n* (i) लटकते हुए कान, **~-eared** *a* लटकते हुए कानों वाला

lope लौंप *vi & n* छलांगें मारते हुए दौड़ना, छलांगें मारना, चौकड़ी भरना; *n* छलांग, चौकड़ी

lopsided लों॑प-साइडिड *a* जिस का एक पार्श्व या भाग दूसरे से छोटा हो, असंतुलित, विषम [~ development]

loquacious लोक्वेशस *a* बातूनी, वाचाल. (of bird) चहकता या चहचहाता हुआ; (of stream) कल-कल निनाद करता हुआ; ~**ness, loquacity** लोक्वैसिटि *nn* वाचालता, बातूनीपन

lord¹ लॉर्ड *n* 1 स्वामी, मालिक, प्रभु, शासक, राजा, महाराजा, युवराज, 2 बहुत बड़ा व्यापारी [the cotton ~s], 3 The Lord भगवान्, ईश्वर, 4 ईसा मसीह, **in the year of our Lord** (*L* anno domini) सन् ईसवी; **the Lord's Supper** = Eucharist, **5** ब्रिटेन के सामन्त, जागीरदार, नवाब आदि [The House of Lords], **6** रईस, नवाब [**to live like a** ~]

lord² *vt* **1 to lord it over s.o.** किसी पर रोब या धौंस जमाना, (usu in *pass*) He will not be lorded over वह किसी की धौंस नहीं सहेगा, **2** लार्ड की उपाधि प्रदान करना

lordly *a* **1** अभिमानी, घमंडी, गर्वीला, रोब या धौंस जमाने वाला, **2** शानदार, भव्य, राजोचित

lordosis लॉर्-डोसिस *n* (*med*) मेरुदंड का अन्दर को मुड़ा होना, अन्तर्वक्रता (opp kyphosis)

Lord's *n* लन्दन के क्रिकेट-मैदान का नाम [Headquarters of the M.C.C. and English cricket]

lordship *n* **1** आधिपत्य, प्रभुत्व, स्वामित्व [~ **of** or **over**], **2** राज्य, जागीर, ज़मीन्दारी, ताल्लुक्का, **3 your, his, lordship** महाराज ! श्रीमन् ! सरकार ! हुज़ूर

lore लॉर् *n* ज्ञान, जानकारी, विद्या [animal ~, bird ~]; परम्परागत कहानियां [ghost ~, fairy ~]

lorgnette लॉर्न्येॅट, **lorgnon** लॉर्न्यॉन *nn* **1** एक प्रकार का चश्मा, **2** (थियेटर मे देखने की) दूरबीन

loris लॉरिस *n* रात में निकलने वाला थूथनीदार बन्दर

lorn लॉर्न *a* (*poet* or *joc*) अकेला, उदास, निराश [a lone, lorn widow]

lorry लों॑रि *n* छकड़ा, लारी, ट्रक

lory लॉरि *n* चमकीले पंखों वाला तोते-जैसा पक्षी, लूरी [f. Malay 'luri']

lose लूज़ *vt* & *i* (lost) **1** खोना, खो देना, गँवाना, वंचित होना [to ~ time, property, an opportunity, etc]; **2** कम होना, घटना [to ~ strength, weight], (of thing) to lose in value कीमत कम होना, (of person) **to lose interest** (**in** sth) कम रुचि लेना, रुचि न लेना, (of thing) to ~ interest की रोचकता कम होना, **3** प्रिय व्यक्ति, मित्र आदि का स्वर्गवास होना, से बिछुड़ना; वंचित होना to ~ one's father पिता का स्वर्गवास होना; In his death, India has lost a patriot उनके स्वर्गवास से भारत एक देशभक्त से वंचित हो गया है; **4** हानि या नुक्सान उठाना, घाटा पड़ना या होना; The army lost heavily सेना के बहुत से जवान मारे गये; The businessman lost heavily व्यापारी को बहुत घाटा पड़ा; **5** (of clock etc) पीछे रह जाना [My watch loses two minutes a day], **6** (मैच, मुकदमा आदि) हार जाना, **7** *Parl:* The motion was lost प्रस्ताव अस्वीकृत हो गया; **8** *misc:* to ~ a battle युद्ध में हारना, a **losing battle, game,**etc युद्ध या खेल जिसमें हारना अवश्यंभावी या निश्चित हो, **to ~ ground** ह्रास होना, अवनति या पतन होना, पीछे रह जाना, प्रभाव घटना, **to ~ one's head** सिर फिरना, अक्ल ठिकाने न रहना, **to ~ (one's) patience** धैर्य्य जाता रहना, अधीर हो उठना; और न सह सकना, तंग आ जाना [The people have lost their patience **with** the immigration policy]; **to ~ sight of** (किसी का) आंखों से ओझल होना; **to lose one's temper** क्रुद्ध होना, बिगड़ना, to ~ **one's way** भटक जाना, रास्ता भूल जाना, **to lose oneself in sth**; **to be lost in sth** किसी काम में तल्लीन होना [He lost himself in the morning newspaper]; **9** (in *pass*) **to be lost upon** प्रभावित न करना, ध्यान आकर्षित न करना; The joke was lost upon him मज़ाक उसकी समझ में नहीं आया; **to be lost to all sense of duty, shame, etc** (i) कर्तव्य-भावना से रहित होना, कर्तव्य को कर्तव्य न समझना; (ii) निर्लज्ज होना, **10** The incident **does not lose in the telling** बार-बार चर्चा करने से भी इस घटना की रोचकता कम नहीं होती; घटना हर बार पहले से बढ़ा-चढ़ा कर बताई जाती है

loser लूज़र *n* नुक्सान उठाने वाला; **I am the ~ by it** इससे मुझे नुक्सान हुआ है; **a good** ~ (खेल में) हारने पर न बिगड़ने वाला या न निराश होने वाला; **a bad** ~ हारने पर बिगड़ने या निराश होने वाला

loss लों॑स *n* **1** खो जाना [~ of an umbrella], **2** रहित या विहीन या वंचित होना, नाश, ह्रास, अभाव [~ of sight, voice, etc], **3** हानि, क्षति, नुक्सान, घाटा, टोटा, कमी [~ in transit]; He is, **a great loss, no loss** उसके जाने से बड़ी हानि हुई है, कोई हानि नहीं हुई; **4 to be at a loss** कुछ समझ में न आना, हतबुद्धि होना, दुविधा या असमंजस में होना; to be at a loss to know what to do, what to say, etc कुछ समझ में न आना कि क्या करें, क्या कहें; **I am at a loss for words** मुझे शब्द नही सूझ रहे हैं

lot लों॑ट *n* **1** ऐसी चिट्ठियों या पर्चियों आदि में से कोई एक जिनके द्वारा व्यक्तियों में वस्तुओं का बटवारा किया जाये, चिट्ठी पर्ची; (i) **to draw,**

cast, lots for sth किसी चीज़ के लिए चिट्ठी या पर्ची डालना; (ii) to throw, cast, in one's lot with s.o. किसी के भाग्य का साझीदार बनना, किसी के भाग्य के साथ अपना भाग्य जोड़ना; 2 भाग्य, भवितव्यता, किस्मत, (भाग्य से मिलने वाला) हिस्सा, भाग, to fall to one's lot (to do sth) किसी के हिस्से में आना, किसी के ज़िम्मे आना या निकलना [It fell to my ~ to open the debate], 3 नीलाम की चीज़; बिक्री की चीज़ या ढेरी; to buy in one lot थोक ख़रीदना, 4 a bad lot गुण्डा, बदमाश, 5 एक तरह की वस्तुओं का समूह, ढेर, ढेरी; एक-जैसे लोगों की टोली, मंडली; the lot; the whole lot; all the lot सब का सब, सारा का सारा, समस्त, समग्र, सब के सब, सारे के सारे, 6 *colloq* बहुत, बहुत सा, बहुतेरा, ढेर-सा [I have quite a ~], बहुत-से, बहुतेरे [lots and lots of things, people, friends, etc]; बहुत बार, प्राय: [I see a lot of him these days]

loth *a* = loath

Lothario लोथेँअरिओ *n* विषयी, लंपट, व्यभिचारी

lotion लोशन *n* घाव को धोने या त्वचा पर लगाने की द्रव औषध, लोशन

lottery लॉटरि *n* किस्मत का खेल, लाटरी; भाग्याधीन बात [Is marriage a ~?]

lotus लोटस *n* 1 कमल, पद्म, पंकज, 2 *Gk myth* पौधा-विशेष जिसके सेवन से व्यक्ति को नशा सा चढ़ा रहता है और वह कोई काम नहीं करना चाहता; **lotus-eater** निष्क्रिय रह कर मजा लेनेवाला; निष्क्रिय विलासी, **lotus-eating** निष्क्रिय विलासिता; (In Hinduism & Buddhism) **lotus position** पद्मासन

loud लाउड *a* & *adv* 1 ऊँचा, जोर का, उत्ताल: loud cheers ज़ोर-ज़ोर की तालियां, तुमुल करतलध्वनि; **loudspeaker** *n* ध्वनिवर्द्धक, ध्वनिविस्तारक, लाउड-स्पीकर, 2 शोर मचाने वाला, चिल्लाने वाला, 3 (of colour, dress, etc.) शोख़, भड़कीला, चटकीला; *adv* ऊंचे स्वर में, ज़ोर से [Don't talk so loud]; **~ly** *adv* 1 ऊंचे स्वर में, ज़ोर से, 2 loudly dressed भड़कीली पोशाक में, **~ness** *n* 1 उत्तालता, 2 शोर, कोलाहल, 3 ~ness of dress पोशाक का भड़कीलापन

lounge लाउन्ज *vi* & *n* 1 धीरे-धीरे चलना, टहलना, चहलकदमी करना, मटरगश्त करना [to ~ **along**], आवारा फिरना [to ~ **about**], 2 पांव पसार कर लेटना, ढासना लगा कर बैठना, सुस्ती से पड़ा रहना, *n* चहलकदमी, मटरगश्त; आवारागर्दी, [to **have a** ~], 2 (टहलने के लिये) बरामदा, गैलरी, (in hotel) हाल, विश्रामकक्ष, (at airport) प्रतीक्षाकक्ष, (in house) बैठक, *theatr* (दर्शकों के लिए) आंगन

lour, lower लाउअर *n* & *vi* चढ़ी हुई त्योरी, तनी हुई भौंहें, भृकुटि; 2 (आकाश का) मेघाच्छन्न या अन्धकारमय होना, वर्षा या आंधी आने की आशंका, (वातावरण आदि का) विषादमय या निराशामय होना; (*vi*) to ~ **at, on, upon,** s.o. घूरना, क्रोधभरी दृष्टि से देखना; नाक-भौं चढ़ाना या सिकोड़ना 2 (of sky) बादलों से घिरा होना; (of clouds) बरसने ही वाला होना

louring, loury *aa* (see prec)

louse लाउस *n* (*pl* **lice**) जूं, यूक; **lousy** लाउसि *a* 1 जुंओं से भरा हुआ, 2 *sl* गन्दा, ओछा, घटिया, नीचतापूर्ण, घृणित [lousy trick]

lout लाउट *n* देहाती, गँवार, उजड्ड आदमी, **~ish** *a* देहाती, गँवार, उजड्ड

louver, louvre लूवर *n* 1 (यूरोप के मध्ययुगीन) मकानों की छत पर बनी बुर्जी की-शक्ल की चिमनी, धुंआरा, 2 (*pl* ~s, also **~-boards**). (शीशे या लकड़ी की) झिलमिली; **~ed** *a* झिलमिलीदार

lovable *a* जिससे स्नेह या मित्रता करने को जी चाहे, सौम्य, प्यारा

lovage लविज *n* अजवायन, अजमोद आदि

love^1 लव *n* 1 प्रेम, प्यार, प्रीति, प्रणय, अनुराग, आसक्ति, स्नेह, चाह, इच्छा; **There's no love lost between them** वे एक-दूसरे से घृणा करते हैं, वे एक-दूसरे को देखना तक गवारा नहीं करते; **for the love of** की ख़ातिर, के नाम पर, के वास्ते [**for the** ~of God]; (*colloq*) It cannot be had **for love or money** यह किसी कीमत पर या किसी तरीके से नहीं मिल सकता; labour of love (see labour *n*); **to be in ~with s.o.** किसी से प्रेम या प्यार होना, किसी पर आसक्त होना; **to make love to s.o.** किसी के प्रति प्रेम या अनुराग व्यक्त करना, किसी से प्रणय-याचना करना; (ii) **paternal ~** वात्सल्य, (iii) शौक, रुचि, अभिरुचि [~ of music], 2 प्रिय, प्रियतम, प्रेयसी, प्रेमिका, 3 प्रेम का देवता, कामदेव, 4 *sport* शून्य(-स्कोर), **love game** बाजी जिसमें हारने वाला कोई स्कोर न कर पाये, 5 *comb*: **~-letter** प्रेमपत्र, **~lock** (कनपटी या माथे पर आई हुई) लट, **~lorn** प्रेमी या प्रेमिका द्वारा परित्यक्त, **~-philtre** वशीकरण पेय, **~sick** किसी के प्रेम में घुलता हुआ, विरही प्रेमी

love^2 *vt* 1 प्रेम या प्यार या स्नेह करना. **Love me, love my dog** मेरे मित्रों को अपने मित्र समझो; 2 चाहना, पसन्द करना, शौक रखना, शौकीन होना, (वस्तु का) अच्छा लगना, (वस्तु में) अभिरुचि होना [He ~s music]; 3 (*colloq*) प्रसन्न होना; Will you come?—I should love to बड़े शौक से, बड़ी खुशी से (आऊंगा)

loveless *a* 1 स्नेहहीन, स्नेह न करने वाला, 2 जिससे कोई स्नेह न करे, स्नेह से वंचित

loveliness *n* 1 लावण्य, चारुता, सुरम्यता, रम-

णीयता

lovely लव्लि *a* अति सुन्दर, चारु [a ~ woman], कमनीय, रमणीय, सुरम्य, अभिराम, नयनाभिराम [a ~ view], 2 *colloq* बहुत मज़ेदार, आनन्ददायक [We are having a ~ holiday, a ~ time]

lover लवर *n* 1 प्रेमी, प्रणयी, कान्त, वल्लभ, चाहने वाला; (woman in love) प्रेमिका, प्रेयसी, 2 **music-~** संगीत-प्रेमी, संगीतानुरागी

low¹ लो *a* (**-er**, **-est**) 1 कम ऊंचा, छोटा [~ **hills, wall, stature, etc.**], नीचा [~ ceiling], निचला, निम्न [~ land], 2 कम, थोड़ा, अल्प [~ price, wages, rates, temperature, etc.]; **at lowest** कम से कम (मात्रा या राशि) [At lowest, I'll charge fifty rupees], 3 हल्का, धीमा, मद्धिम, मन्द [~ sound, flame, fire, fever, etc]; 4 (i) नीच, नीच कुल का, छोटा, साधारण, मामूली, **low birth** नीच कुल में जन्म; **high and low** छोटे-बड़े, अमीर-ग़रीब, हर कोई; (ii) अधम, ओछा. कमीना; a ~ fellow गुण्डा, बदमाश, 5 अवर, निचला, निम्न, **lower court** अवर न्यायालय, **the lower world** (i) मर्त्यलोक, (ii) पाताल, नरक, **the Lower House** निचला सदन, लोक सभा; (in Britain) हाउस आफ़ कामन्स; 6 **to bring s.o. ~** नीचा दिखाना, घमंड तोड़ना, **to be brought ~** अभिमान टूटना, अपमानित होना, **to lay low** (i) पराजित करना, (ii) समाप्त या नष्ट गा बरबाद करना; **to lie ~** (i) पराजित होना, अपमानित होना, (ii) *fig* चुपचाप पड़ा रहना, मौके की ताक में रहना, [The decoits are lying ~] 7 *misc:* **low altitude** भूमध्यरेखा के निकटवर्ती अक्षांश, निम्न अक्षांश; **~ diet** अपौष्टिक आहार; **~ dress** खुले गले की पोशाक (जिसमें कंधे और छाती का बहुत-सा भाग नंगा रहे); **~ neck** खुला गला; **to have a low opinion of s.o.** किसी के बारे में ख़राब राय होना, अच्छा न समझना; **low spirits** निराशा, हताशा, उत्साहहीनता, *adv* नीचे झुक कर [to bow ~]; हल्के स्वर में [to talk ~]; 8 *comb:* **low brow** जो बहुत पढ़ा-लिखा न हो, मामूली पढ़ा-लिखा, अनतिशिक्षित, अनतिशिष्ट; **low grade** घटिया (किस्म का); **low-lying** निम्म, निम्नस्थ, निचला [low-lying areas of the town have been flooded], **~-spirited** निराश, हताश, हिम्मत हारा हुआ, **low water mark** लहर के उतर जाने पर समुद्र की सतह, निम्न समुद्रतल; *fig* निम्नतम दशा या स्थिति या स्तर

low² *n* 1 प्रदेश जिसमें हवा का दबाव कम हो, अल्पदाब-क्षेत्र; 2 निम्न स्तर

low³ *n & vi* (गाय का) रंभाना

lower¹ लोअर *vt & i* 1 नीचा करना, झुकाना, उतारना [to ~ a sail], to ~ a boat नाव को समुद्र में उतारना; नीचा होना, झुकना, उतरना, 2 घटाना, घटना, कम करना या हो जाना [to ~ the price etc], 3 हल्का या मद्धिम या मन्द करना [Lower your voice], 4 ऊँचाई कम करना, 5 अपमानित करना, पद या दर्जा घटाना, 6 to ~ oneself झुकना, गिरना, पतित होना, ज़लील होना, किसी के आगे नाक रगड़ना

lower² (see lour)

lowly लोलि *a & adv* 1 दीन, दीन-हीन, छोटा, मामूली, 2 विनीत, नम्र, निरभिमान, *adv* दीनतापूर्वक, नम्रतापूर्वक

lowness *n* 1 कम ऊँचाई, निचाई, निम्नता, 2 अल्पता, कमी, 3 धीमापन, मन्दता; 4 नीचता, कमीनापन, ~ (of spirits) उत्साहहीनता

loxodrome लॉक्स-ड्रोम *n* = rhumb, sense 2, **loxodromic** *a* एकदिश नौपथ का, एकदिश नौचालन का

loyal लॉइल *a & n* 1 ईमानदार, ईमानदारी से काम करने वाला, कर्तव्यनिष्ठ, निष्ठावान्, 2 वफ़ादार, विश्वासपात्र, विश्वसनीय, 3 राजभक्त, राजपरिवार का वफादार, देशभक्त; स्वामिभक्त, *n* विद्रोह के समय राजा का साथ देने वाला व्यक्ति; **~ist** *n* राजा या शासक या सरकार का साथ देने वाला, वफ़ादार, *attrib* [loyalist troops]

loyalty लॉइअल्टि *n* 1 ईमानदारी, निष्ठा, कर्तव्यनिष्ठा, 2 वफ़ादारी, विश्वसनीयता, 3 राजभक्ति, देशभक्ति, स्वामिभक्ति

lozenge लॉज़िन्ज *n* 1 *geom* विषमकोण समचतुर्भुज; *archit* हीराकृति, 2 चूसने की औषधयुक्त मीठी गोली [cough ~s]

lozenged *a* 1 जिसमें दो रंगों के विषमकोण समचतुर्भुज इस प्रकार बने हों कि एक रंग की दो आकृतियां परस्पर सटी हुई न हों, 2 (खिड़की आदि) जिसमें विषमकोण-समचतुर्भुजाकार शीशे लगे हों

lubber लबर *n* 1 महाकाय कुरूप एवं अनाड़ी आदमी, गोबर-गणेश; 2 अनाड़ी नाविक; 3 (*naut*) **~ line** कम्पास पर बनी रेखा जो सूचित करती है कि जहाज किधर जा रहा है; दिशासूचक-रेखा

lubricant लुब्रिकन्ट *a & n* चिकना करने वाला, स्नेहक, *n* चिकनाई

lubricate लुब्रिकेट *vt* 1 चिकना करना, चिकनाना, ओंगना, तेल देना, 2 तेल आदि दे कर (यन्त्र की) रुकावट कम करना; **lubricating oil** ओंगने का तेल, स्नेहक तेल

lubrication लुब्रिकेशन *n* तेल देना, चिकना करना, चिकनाना, ओंगना, स्नेहन

lubricious ल्यू-ब्रिशस, **lubricous** ल्यू-ब्रिकस *aa* 1 चिकना, फिसलना, *fig* धूर्त, चालाक, 2 लम्पट, व्यभिचारी

lubricity ल्यू-,लू-ब्रिसिटि *n* 1 फिसलन, चिकनापन, चिकनाहट, 2 लंपटता, व्यभिचार-प्रवृत्ति, [illegible]

lucency ल्यूसन्सि *n* (f. foll) 1 चमक, दीप्ति, भास्वरता, 2 पारभासकता

lucent ल्यूसन्ट *a* 1 प्रकाशमान, दीप्तिमान, चमकीला, चमकदार, चमकता हुआ, 2 पारभासी, पारभासक

lucern(e) लूसर्न *n* चारे के काम (में) आने वाली घास-विशेष, रिजका

lucid ल्यूसिड *a* 1 प्रकाशमान्, दीप्तिमान्, भास्वर, चमकता हुआ, 2 (of mind) सुलझा हुआ, (of reasoning) स्पष्ट, सुबोध, सुसंगत, (of literary style) प्रसादगुणयुक्त, विशद; 3 **lucid interval** (i) (पागलपन के दौरों के बीच का), स्वस्थ अन्तराल, (ii) (दंगों के बीच) शान्ति का अन्तराल; **lucidity** *n* 1 दीप्ति, भास्वरता; पारभासकता, 2 (दिमाग़ का) सुलझा हुआ होना; 3 (of style) प्रसादगुण, विशदता

Lucifer लूसिफ़र *n* 1 प्रात:कालीन शुक्र तारा, 2 **lucifer (match)** रगड़ से जलने वाली दीयासलाई. घर्षणी दीयासलाई

luck लक *n* 1 (अच्छा या बुरा) भाग्य, क़िस्मत, दैव, दैवयोग, संयोग, विधि, भवितव्यता; **to try one's luck** किस्मत आजमाना, **as luck would have it** सौभाग्य से, दुर्भाग्य से, दैवयोग से, संयोगवश, 2 सौभाग्य, ख़ुशकिस्मती; **to have the ~ to** शोभाग्यशाली या खुशकिस्मत होना; **to be in ~** ख़ुशकिस्मत होना, **to be out of ~** बदकिस्मत होना, असफल रहना; **to be down on one's ~** बदकिस्मत होना; विपत्ति के कारण उदास होना; **~less** *a* 1 (of person) भाग्यहीन, अभागा, बदकिस्मत, 2 a ~less day अशुभ दिन; असफल [a **~less attempt**]

luckily *adv* सौभाग्य से, खुशकिस्मती से

lucky लकि *a* 1 सौभाग्यशाली, भाग्यवान्, खुशकिस्मत, 2 अचानक या संयोगवश ठीक निकलने वाली बात या अनुमान या ठीक पड़ने वाला निशाना [~ guess, shot, etc], lucky hit (see hit^{3}) 3 शुभ, मंगल [~ day, stone, etc.]

lucrative लूक्रटिव *a* लाभ का, लाभकर, नफ़े का, धन दिलाने वाला

lucre लूकर *n* (*derog*) रुपया-पैसा, धन, आर्थिक लाभ, **filthy ~** (see filthy)

Lucretia लुक्रिशिअ *n* (*Rom legend*) आदर्श सती

lucubrate लूक्यूब्रेट *vi* 1 चिन्तन-मनन से उपलब्ध ज्ञान को लिपिबद्ध करना, 2 पाण्डित्यपूर्ण ग्रन्थ लिखना

lucubration लूक्यूब्रेशन *n* रातों जाग कर किया गया अध्ययन या चिन्तन-मनन; नैश अध्ययन, 2 पाण्डित्यपूर्ण साहित्यिक रचना

ludicrous लूडिक्रस *a* हास्यास्पद, उपहासयोग्य, बेहूदा, बेतुका, असंगत, अनुचित; **~ness** *n* हास्यास्पदता, बेहूदापन, बेतुकापन, अनौचित्य

ludo लूडो *n* पांसे (के प्रयोग) से तख़्ते पर खेला जाने वाला खेल

luff लफ़ *n* & *vi* & *t* 1 पाल का पवनाभिमुख पार्श्व, 2 जहाज़ के अगवाड़े का सबसे चौड़ा भाग, *vi* (जहाज़ का) अनुवात होना, *vt* (जहाज को) अनुवात करना

lug^{1} लग *n* = lug-sail

lug^{2} *vt* & *n* 1 (भारी चीज़ को) ज़ोर लगा कर खींचना या घसीटना [to lug sth **along, away**], 2 **to lug a subject in** *or* **into** अप्रासंगिक विषय को घसीट लाना *n* ज़ोर का खिंचाव, कर्षण, झटका

lug^{3} *n* (Sc.) 1 कान, 2 (*mech*) मशीन का आगे को निकला हुआ भाग जिसके द्वारा उसे यथास्थान बैठाया या जमाया जा सके, अटक, पकड़, पकड़-पट्टी

luggage लगिज *n* (यात्री का) सामान, बोरिया-बधना, बोरिया-बिस्तर, असबाब, **~ van** (*rail*) सामान का डिब्बा

lugger लगर *n* एक प्रकार का छोटा जहाज़, लगर

lugsail लग्-सेल *n* एक प्रकार का पाल, लगपाल

lugubrious लूग्यूब्रिअस *a* 1 करुण, शोकपूर्ण, दु:खभरा, 2 शोकमग्न, शोकार्त

lukewarm लूक्वॉर्म *a* & *n* 1 गुनगुना, कुनकुना, कदुष्ण, 2 *fig* उत्साहहीन, उत्साहरहित, निरुत्साह, बेपरवाह; **~ly** *adv* बिना जोश या उत्साह के; **~ness** उत्साहहीनता

lull^{1} लल *vt* & *i* 1 थपक कर या थपकियां दे कर सुलाना [to ~ a baby to sleep], 2 (प्राय: झूठी बातों से सन्देह, भय आदि) शान्त करना, दूर करना, मिटाना [to ~ s.o.'s suspicions, fears]; 3 (usu in *pass*) (समुद्र, तूफ़ान को) शान्त करना, 4 *vi* (तूफ़ान अथवा शोर का) शान्त होना

lull^{2} *n* थोड़ी देर की शान्ति, (दंगों आदि के बीच) शान्ति का अन्तराल, शान्ति का समय

lullaby लल-बाइ *n* लोरी

lumbaginous लम्बेजिनस *a* (f. foll) कमर में गठिया से पीड़ित

lumbago लम्बेगो *n* कमर का गठिया रोग

lumbar लम्बर *a* कटि का, कमर का, कटि-; **~ region** कटि-प्रदेश

lumber^{1} लम्बर *n* 1 काठ-कबाड़, बेकार या निकम्मी चीज़ें, रद्दी या भारी सामान, 2 फ़ालतू चर्बी, 3 (U.S.) इमारती लकड़ी का अनगढ़ा शहतीर, कुन्दा, लट्ठा; 4 *comb:* **~jack**, **~man** (i) लकड़हारा, (ii) जंगल का ठेकेदार; **~mill** लट्ठों को चीरने का कारखाना, आराघर; **~room** (f. sense 1) काठ-कबाड़ रखने का कमरा, कबाड़-कक्ष

lumber^{2} *vt* 1 (जगह) घेरना, (जगह) भर देना [a room ~ed (up) with junk]; (चीज़ों

का) ढेर लगा-देना, 2 पेड़ काटना और शहतीर बनाना, लकड़ी काटना

lumber^{3} *vi* लड़खड़ाते हुए या ठोकरें खाते हुए चलना, खड़खड़ाते हुए या टकराते हुए जाना [to ~ **along, past, by, in**]

luminary ल्यूमिनरि *n* 1 (सूर्य, चन्द्र आदि) देदीप्यमान ग्रह, नक्षत्र, तारा, सितारा, ज्योति, 2 (साहित्य, विज्ञान, अध्यात्म-विद्या आदि क्षेत्र का) जाना-माना आदमी, साहित्य-जगत् का देदीप्यमान नक्षत्र; गण्य-मान्य नेता

luminescence ल्यूमि-नें सन्स *n* चमक, दीप्ति, प्रदीप्ति, भास्वरता

luminescent ल्यूमि-नें सन्ट *a* जिससे प्रकाश निकले, प्रकाशवान्, चमकता हुआ, चमकदार, भास्वर, दीप्तिमान, संदीप्तिशील [~ paint]

luminiferous ल्यूमि-निफ़रस *a* 1 जिससे प्रकाश निकले, प्रकाशवाही, प्रकाशवान्, चमकीला, भास्वर, 2 पारभासक

luminosity ल्यूमि-नॉसिटि *n* चमक, चमकीलापन, दीप्ति, भास्वरता, ज्योति

luminous ल्यूमिनस *n* 1 जिससे प्रकाश निकले, देदीप्यमान, चमकदार, चमकीला [~ paint, signal, etc], 2 *fig* आसानी से समझ में आने वाला, स्पष्ट [~ explanation, speaker], ~**ness** *n* 1 = luminosity, 2 (of writer etc) विषय को स्पष्ट करने का गुण, स्पष्टता, प्रसादगुण

mellow^{1} मे`लो *a* 1 (of fruit) पका हुआ, रसभरा, रसीला, (of wine) खूब तैयार, (of earth) उर्वर, उपजाऊ, (of colour) हल्का, प्यारा, स्निग्ध, मंजु, (of sound, light) मृदु, 2 (of character) (बड़ी अवस्था और अनुभव के कारण) नरम, मृदु, सौम्य

mellow^{2} *vt* & *i* (see prec) 1 (फल) पकाना या पकना, रस भरना, (शराब) खूब तैयार करना या होना, (प्रकाश, रंग, ध्वनि) हल्का करना या होना, 2 (स्वभाव को) नरम या मृदु बनाना, (स्वभाव का) नरम या मृदु होना

melodious मि-लोडिअस *n* संगीतमय, मधुर, श्रुतिमधुर, सुरीला, रसीला, भीना [the ~ notes of the cuckoo]

melodist मे`ल-डिस्ट *n* 1 गायक; 2 संगीतकार, स्वरकार

melodize मे`लडाइज़ *vi* & *t* संगीतमय होना या बनाना

melodrama मे`ल-ड्रामः *n* 1 (राग-द्वेष, काम-क्रोध आदि) भावनाओं को खूब उत्तेजित या उद्वेलित करने वाला सुखान्त नाटक, अतिनाटक; 2 नाटकीय भाषा या आचरण

melodramatic मे`ल-ड्र-मैटिक *a* भावनाओं को उत्तेजित या उद्वेलित करने वाला, अतिनाटकीय, रोमांचकारी

melody मे`ल-डि *n* 1 मधुर संगीत, माधुर्य, सुर, 2 स्वरक्रम, स्वरानुक्रम, लय, 3 तान

melon मे`लन *n* तरबूज, हिदवाना [also water-melon], **musk-~** ख़रबूज़ा

melt मे`ल्ट *vi* & *t* [*pp* melted or as *adj* molten] 1 (of metals, glass, etc) पिघलना, गलना, गलाना, 2 (of solid in liquid, of tender food in mouth) घुलना, 3 (of person, heart, etc) दयार्द्र होना, पसीजना; **to ~ into tears** रो पड़ना, रोने लगना; 4 (of crowd) to melt **away** तितर-बितर होना, लुप्त होना; धीरे-धीरे समाप्त होना [His anger melted away]; 5 to melt **down** (धातु की पुरानी चीज़ों को) पिघलाना, गलाना

melting *n* गलन, पिघलाव, **~-point** गलनांक, **~-pot** धातु गलाने का पात्र, कुठाली; (*fig*) **Everything is in the melting-pot** हर चीज़ बदली जा रही है; क्रान्ति हो रही है

member मे`म्बर *n* 1 (शरीर आदि का) अंग, अवयव, (यन्त्र आदि का) हिस्सा, पुर्ज़ा, टुकड़ा, 2 (सभा, समाज, संसद् आदि का) सदस्य; सभासद्, **Member of Parliament** संसद्-सदस्य, सांसद, 3 (वाक्य का) खण्ड, अंश, 4 He is a ~ of the family यह कुटुम्ब या परिवार का आदमी है; **~-ship** *n* 1 सदस्यता, 2 सदस्य-संख्या

membrane मे`म्ब्रेन *n* सूक्ष्म पर्दा या आवरण, झिल्ली, झिल्लिका; **membranous** मे`म्ब्र-नस *a* झिल्लीदार, झिल्लीमय

memento मि-मे`न्टो *n* (*pl* **-oes, -os**), (व्यक्ति या घटना की) यादगार, निशानी, स्मारक

memo मे`मो *n* (*pl* ~s) = memorandum, 1

memoir मे`म्वार *n* 1 लेखक द्वारा निजी जानकारी के आधार पर लिखा गया घटनाओं का विवरण या इतिहास; वृत्तान्त, आपबीती [war ~s by a colonel], 2 जीवन-चरित्र, आत्मकथा [Babar's ~s], 3 संस्मरण, 4 खोजपूर्ण निबन्ध

memorable मे`म-र-बल *a* स्मरणीय, याद रहने वाला, याद रखने लायक

memorandum मे`म-रैन्डम *n* (*pl* **-da, -dums**; *abbr* memo) 1 स्मरण-सुविधा के लिए लिख लिये गये शब्द या नोट, टिप्पण, टिप्पणी [to make a ~ of sth], 2 भविष्य में देखने के लिए घटनाओं का विवरण, 3 हस्ताक्षर-रहित अनौपचारिक पत्र, स्मरणपत्र, स्मृतिपत्र, ज्ञापक, ज्ञापन, मेमोरेन्डम, 4 *law* समझौते की शर्तों का प्रलेख या अभिलेख, **M~ of Association** (संस्था की) नियमावली

memorial मि-मॉरिअल *a* & *n* (of statue, festival, etc) स्मरण कराने वाला, स्मारक, यादगारी, **Memorial service** (स्मृति में की गई) प्रार्थना (-सभा), *n* 1 स्मारक, कीर्तिस्तम्भ, यादगार, **war ~** युद्ध में मरे व्यक्तियों का स्मारक, युद्धस्मारक, 2 (i) याचिका, आवेदन-पत्र, प्रार्थना-पत्र, अर्ज़ी, अभ्यावेदन, (ii) (याचिका का आधारभूत) तथ्य-विवरण; **~ist** *n* आवेदन-पत्र देने वाला, अभ्यावेदक

memorialize मि-मॉरिअ-लाइज़ *vt* 1 स्मृति बनाये रखना, यादगार मनाना, स्मरण-दिवस मनाना, 2 (किसी को) आवेदन-पत्र या याचिका देना

memorize मे`मराइज *vt* कण्ठस्थ करना, याद कर लेना, रट लेना

memory मे`मरि *n* 1 स्मरणशक्ति, याददाश्त, **to commit sth to memory** कण्ठस्थ कर लेना, **to speak from ~** (ग्रन्थ, लेख आदि देखे बिना) अपनी स्मृति के आधार पर बोलना, यथास्मृति बोलना; **within living memory** जहां तक किसी को याद है, (also see living *a*) 2 स्मृति, याद, यादगार [**in memory of**]

menace^{1} मेनस *n* (*liter*) ख़तरा, [a ~ to national unity]; डर, भय, अन्देशा; अभिशाप, बला, आफ़त [This child is a ~]

menace^{2} *vt* 1 (किसी को) डराना, धमकाना, (किसी बात की) धमकी देना; 2 (के लिए) भयावह होना; **menacing** *a* धमकाने वाला, धमकी देने का, भयावह [menacing posture]

ménage F मे-नाझ़, घर-गृहस्थी, घर-गृहस्थी का प्रबन्ध

menagerie मि-नैजरि *n* (पिंजरे आदि में रखे हुए) वन्य प्राणियों का संग्रह, (वि० सरकस का) प्राणिसंग्रह

mend^1 मेॅन्ड *n* 1 (कपड़े में) रफ़ू करके या थिगली लगा कर बन्द किया हुआ छेद, रफ़ू, 2 **to be on the mend** (i) (of person) स्वास्थ्य सुधरना, (ii) (of affairs) स्थिति या हालत सुधरना

mend^2 *vt* & *i* 1 मरम्मत करना, (कपड़े को) रफ़ू करना (see prec), 2 सुधारना, ठीक करना [**to mend one's ways**], to ~ the fire आग में ईंधन डालना, to ~ **matters** मामला ठीक करना, स्थिति सुधारना, to ~ **one's pace** चाल तेज करना, to ~ the pencil पेंन्सिल बनाना, 3 *vi* सुधरना, ठीक होना, (of invalid) स्वास्थ्य ठीक होना, स्वास्थ्य-लाभ करना

mendacious मेॅन्डेशस *a* झूठ बोलने वाला, असत्यवादी, झूठा **mendacity** मेॅन्डैसिटि *n* 1 असत्यवादिता, 2 असत्यता, झूठापन, अयथार्थता

mender मेॅन्डर *n* मरम्मत करने वाला, मोची आदि, रफ़ू करने वाला, रफ़ूगर

mendicancy मेॅन्डिकन्सि *n* (f. foll) भिक्षावृत्ति

mendicant मेॅन्डिकन्ट *a* & *n* भिक्षा माँगने वाला, भिक्षा पर निर्वाह करने वाला, भिक्षु; (*n*) भिक्षुक, भिखारी, मंगता

mendicity =mendicancy

menhir मेॅन्हिअर *n* (यूरोप, अफ़्रीका, एशिया में उपलब्ध) ऊर्ध्वायित स्मारक पत्थर, लाट पत्थर, मेनहिर

menial मीनिअल *a* & *n* (of duties) दासता का, गुलामी का, दासवत्, घटिया, हेय; (of servant) घरेलू, *n* घरेलू नौकर, चाकर, सेवक

meningitis मेॅनिन्जाइटिस *n* मस्तिष्क की झिल्ली की सूजन, cerebro-spinal ~ गर्दनतोड़ बुखार

meniscus मिनिस्कस *n* 1 एक तरफ़ से उन्नतोदर और दूसरी तरफ़ से नतोदर लेन्स, नवचन्द्राकार लेन्स, नवचन्द्रक, 2 *math* नवचन्द्राकृति

menopause मेॅन-पॉज़ *n* मासिक धर्म का अन्त, रजोनिवृत्ति (प्रायः 45 और 50 वर्ष के बीच)

menses मेॅन्सीज़ *n* मासिक धर्म, माहवारी

Menshevik मेॅन्शिविक *n* (*hist*) रूस में नरम सोशलिस्ट दल का सदस्य (जिसे 1918 के बाद कम्यूनिस्ट दल में मिला लिया गया), मेनशेविक

mens sana in corpore sano (*L. phr.* मेॅन्स सेना इन् कोर्पोरे सेनो) स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन (अर्थात् शरीर स्वस्थ और मन भी स्वस्थ होना चाहिए—यह प्रायः शिक्षा का आदर्श माना जाता है) [L.mens = *Skt.* मनस्]

menstrual मेॅन्स्ट्रुअल *a* 1 मासिक धर्म का, रजोधर्म का, आर्तव, 2 *astron* मासिक

menstruate मेॅन्स्ट्रुएट *vi* रजस्वला होना, मासिक धर्म या माहवारी होना

menstruation मेॅन्स्ट्रुएशन *n* रजःस्राव, ऋतुस्राव, रजोधर्म

mensurable मेॅन्स्युरबल *a* जो नापा जा सके, मेय, परिमेय; परिमित, सीमित

mensuration मेॅन्स्युरेशन *n* 1 मापना, नापना, पैमाइश, मापन, मिति, 2 *math* लंबाई, क्षेत्रफल तथा आयतन नापने के नियम, क्षेत्रमिति, विस्तारकलन

mental^1 मेॅन्टल *a* 1 मन का, मानसिक, दिमाग़ी, ~ **arithmetic** ज़बानी हिसाब, मौखिक गणित, 2 ~ **asylum, home, hospital** पागलखाना, मानसिक चिकित्सालय; ~ **illness** मनोरोग, ~ **patient** मनोरोगी

mental^2 *a* ठुड्डी या चिबुक का

mentality मेॅन्टैलिटि *n* मनोवृत्ति, स्वभाव

mentally मेॅन्टलि *adv* 1 मन से, मन में, 2 मानसिक दृष्टि से, 3 ~ **deficient** कमज़ोर दिमाग़ का

mentation मेॅन्टेशन *n* 1 मानसिक व्यापार या कर्म, 2 मन की अवस्था, मानसिक दशा

menthol मेॅन्थोॅल *n* पोदीने का सत्त, मेन्थोल

mention^1 मेॅन्शन *n* 1 चर्चा, कथन, उल्लेख, निर्देश, ज़िक्र, **to make (no) ~ of** की चर्चा (न) करना, 2 **honourable** ~ (पुरस्कार न पाने लायक परीक्षार्थी या कलाकार की) योग्यता की चर्चा, योग्यता-कीर्तन, योग्यता-वर्णन

mention^2 *vt* 1 कहना, चर्चा करना, उल्लेख करना, ज़िक्र करना, नाम लेना, 2 (in deprecation of apology or thanks) **Don't mention it** कहने की क्या जरूरत है? शरमिन्दा न कीजिए

mentor मेॅन्टॉर *n* विश्वस्त मार्गदर्शक, पथप्रदर्शक, गुरु, परामर्शदाता, सलाहकार

menu मेॅन्यू *n* खाने-पीने की चीज़ों की सूची, व्यञ्जन-सूची, भोजन-तालिका

Mephistopheles मेॅफ़िस्टोॅफ़िलीज़ *n* शैतान; जर्मन आख्यायिका में वर्णित असुर जिसके हाथ Faust ने सांसारिक भोगों की ख़ातिर अपनी आत्मा बेच दी थी

mephitic मि-फ़िटिक *a* (f. foll) दुर्गन्धमय, बदबूदार

mephitis मि-फ़ाइटिस *n* विषैली गन्ध; (वि॰ धरती से उठने वाली) दुर्गन्ध, बदबू

mercantile मर्कन्टाइल *a* 1 व्यापार-संबंधी, वाणिज्य-संबंधी, व्यापारिक; **mercantile marine** (see marine); ~ **nation** व्यापार करने वाला राष्ट्र, व्यापारी देश, 2 केवल पैसे की ख़ातिर काम करने वाला, लालची, मोल-तोल करने वाला

mercenariness *n* (f. foll) केवल पैसे की ख़ातिर काम करने की मनोवृत्ति, लोभ, लालच

mercenary मर्सिनरि *a* & *n* केवल पैसे की ख़ातिर काम करने वाला, भाड़े पर काम करने वाला, भाड़े का, भाड़े का टट्टू, लोभी, लालची; *n* भाड़े का सैनिक

mercer मर्सर *n* वस्त्र-विक्रेता, (वि॰ रेशमी या अन्य कीमती) कपड़े का व्यापारी [silk-~]

mercerize मर्सराइज़ *n* (सूती कपड़े को) मज़बूत और चमकदार बनाना

merchandize मर्चन्डाइज़ *n* (व्यापारिक) माल, बिक्री का माल; सौदा

merchant मर्चन्ट *n* & *a* व्यापारी, वणिक्, सौदागर; ~ **prince** बड़ा व्यापारी, सौदागरों का राजा; *a* व्यापारिक; **merchant ship** *or* **vessel, merchantman** व्यापारी जहाज़, वाणिज्य पोत; ~ **navy**, ~ **service** व्यापारिक बेड़ा; ~**able** *a* जो बिक सके, बिकने लायक, विक्रेय

merciful *a* दयालु, दयावान्, **merciless** *a* निर्दय, निष्ठुर, क्रूर, ज़ालिम

mercurial मर्क्युअ-रिअल *a* 1 फुर्तीला, हाज़िरजवाब और ज़िन्दादिल, 2 अस्थिरचित्त, चंचल-स्वभाव, 3 पारे का, पारदीय, पारदयुक्त, 4 **M**~ बुधग्रह का

mercury मर्क्युरि *n* 1 पारा, पारद, **the mercury is rising, falling** तापमान बढ़ रहा है, घट रहा है, 2 **Mercury** बुध (ग्रह), 3 *Rom myth* वक्तृता का देवता, 4 *fig* ज़िन्दादिली, खुशमिज़ाजी, उत्साह, जोश

mercy मर्सि *n* & *a* 1 दया, अनुकम्पा, सहानुभूति, कृपा, रहम, तरस, **to have mercy on s.o.; to show mercy to s.o.** किसी पर दया करना, तरस खाना; **at the ~ of** की दया पर, के बस में [the ship was at the ~ of the waves]; **to be left to the tender mercies of s.o.** किसी की दया पर छोड़ दिया जाना (अर्थात् वह चाहे कैसा भी दुर्व्यवहार करे), 2 मेहरबानी, अनुग्रह [thankful for small mercies]; *a* दया के लिए, दयार्थ, ~ **appeal** दया की अपील; **mercy killing** (असाध्य रोगी या तड़पते व्यक्ति का) दयार्थ कष्टरहित प्राणहरण

mere^{1} मिअर *n* (*poet*) झील, तालाब, पोखरा

mere^{2} *a* 1 केवल, केवल-मात्र, मात्र, निरा, बस, बिल्कुल [He is a ~ boy]; 2 (*law*) **mere right** कब्जे के बिना अधिकार, अधिकार-मात्र; ~**ly** *adv* केवल, सिर्फ़, बस

meretricious मे'रि-ट्रिशस *n* 1 वेश्या का, वेश्या को शोभा देने वाला, वेश्योचित, 2 (of ornament) केवल देखने में सुन्दर, बाह्य सौन्दर्ययुक्त, (of literacy style) केवल शब्दालङ्कार-युक्त, शब्दाडम्बरमय

merganser मर्-गैन्सर *n* मछली खाने वाली बत्तक, कारंडव

merge मर्ज *vt* & *i* 1 मिलाना, विलीन करना, शामिल करना [to ~ sth **in, into,** sth], 2 *vi* मिलना, विलीन होना, शामिल होना, मिलकर एक हो जाना; **mergence** *n* विलय

merger मर्जर *n* विलय, विलयन, एकीकरण

meridian *n* & *a* 1 सूर्य या नक्षत्र का अधिकतम ऊंचाई पर पहुंचाने का बिन्दु, नक्षत्र-पथ का शिखर याम्योत्तर, 2 *fig* शिखर, चोटी [at the ~ of his glory]; *a* मध्याह्न का, मध्याह्नकालीन, ~ **hour** मध्याह्न, ~ **line** मध्याह्न रेखा, याम्योत्तर रेखा, 3 परम शोभा या प्रताप के काल का

meridional मरीडिअ-नल *a* & *n* 1 नक्षत्र-पथ की चोटी का; याम्योत्तरीय, 2 दक्षिण यूरोप (के निवासियों) का *n* (वि॰ फ्रांस के) दक्षिण का रहने वाला, दाक्षिणात्य

meringue मरैङ्ग *n* अण्डे की सफ़ेदी से बनी मिठाई या केक

merino म-रीनो *n* 1 (also **merino sheep**) बढ़िया ऊन वाली भेड़, 2 ऊन का महीन धागा

merit मे'रिट *n* & *vt* 1 गुण, अच्छाई, खूबी, विशिष्टता, श्रेष्ठता, उत्कृष्टता, योग्यता, ~ **list** योग्यताक्रम सूची, 2 पात्रता, 3 **to make a merit of sth** अपनी किसी बात को अच्छा समझना या बताना, 4 **the merits** गुण-दोष, पक्ष-विपक्ष [the ~s of a case]; **on its merits** गुण-दोष या औचित्य-अनौचित्य का विचार करते हुए *vi* (पुरस्कार, दण्ड आदि का) पात्र होना, योग्य होना

meritocracy मे'रिटो'क्रसि *n* (प्रतियोगिता में चुने गये) योग्यतम व्यक्तियों का शासन; ऐसे शासन वाला देश, योग्यतन्त्र; योग्यवर्ग, गुणी वर्ग

meritorious मे'रि-टॉरिअस *a* गुनवान्, गुणी, योग्य, 2 प्रशंसनीय, स्तुत्य [~ services]; ~ **act** पुण्य (कर्म)

merlin मर्लिन *n* बाज़ की एक किस्म

merlon मर्लन *n* किले की दीवार का उतना भाग जो गोला फेंकने के दो छिद्रों के बीच होता है (दो छिद्रों के बीच का) कँगूरा

mermaid मर्मेड *n* स्त्री के सिर और धड़ तथा मछली की पूंछ वाला कल्पित प्राणी, जलपरी, समुद्र-कन्या, मत्स्य कन्या

Merovingian मे'र-विन्जिअन *a* & *n* (*hist*) सन् 500-750 के बीच फ्रांस (Gaul) और जर्मनी पर शासन करने वाले वंश का (व्यक्ति)

merrily *adv* हँसते-खेलते, आनन्दपूर्वक, खुशी से; उपहास या मज़ाक में

merriment *a* 1 आमोद-प्रमोद, विनोद, उपहास, हँसी-मज़ाक

merry मे'रि *a* 1 खुश, प्रसन्न, प्रफुल्ल, आनन्दमग्न, उल्लसित, आमोद-प्रमोदमग्न, **to make merry** आनन्द मनाना, खुशियां मनाना; **to make ~ over sth** किसी बात का मज़ाक उड़ाना, 2 *comb*: ~ **andrew** मसख़रा, भांड, विदूषक; **merry-go-round** यन्त्र द्वारा चक्राकार घूमने वाले लकड़ी के घोड़े आदि, चक्रदोला, हिंडोला, ~**thought** पक्षी के गले और छाती के बीच की दुशाखी हड्डी

mesdames see madame

meseems मि-सीम्ज़ *vi* (*arch*) मुझे लगता है कि..., जान पड़ता है कि...

mesentery मे'सन्-टरि *n* आंत के कुछ भाग और उदर की थैली के बीच की झिल्ली, आन्त्रयोजनी

mesh^{1} मे'श *n* 1 जाल का छिद्र, जालाक्षि, 2

(in *pl*) जाल; *fig* फंदा, जाल, षड्यन्त्र [to entangle s.o. in the ~es of intrigue], 3 (of teeth of wheels)। **in mesh** एक-दूसरे में फँसे हुए

mesh^2 *vt* & *i* 1 (यन्त्र के दाँतेदार पहियों को) एक-दूसरे में फँसाना, 2 जाल में फँसाना (*lit* & *fig*); *vi* (of teeth of wheels) एक-दूसरे में फँस जाना

mesial मीज़िअल *a* (किसी पिण्ड की) मध्य रेखा का, मध्य रेखा की ओर जाने वाला, मध्यवर्ती, मध्यगामी

mesmeric मेॅज़्मेॅरिक *a* सम्मोहन का, सम्मोहनात्मक, सम्मोहनकारी

mesmerism मेॅज़्मरिज़्म *n* (also see hypnotism) 1 व्यक्ति के मन पर प्रभाव डाल कर मूच्छित करना, सम्मोहन, सम्मोहन विद्या, 2 मूच्छित अवस्था, मूर्च्छा, बेहोशी [f. F.A. Mesmer, Austrian physician, d. 1815]; **mesmerist** मेज़्मरिस्ट *n* सम्मोहन करने वाला, जादूगर; **mesmerization** *n* सम्मोहन; **mesmerize** मेॅज़्मराइज़ *vt* सम्मोहित करना, मूच्छित करना

mesne मीन *a* बीच (के समय) का, मध्यवर्ती, दरमियानी

mesocarp मेॅस-कार्प *n* (*bot*) फलभित्ति की बीच की परत, मध्य फलभित्ति; मध्यस्तर, मध्यच्छद

mess^1 मेॅस 1 रकाबी, तश्तरी, **mess of pottage** रसे या शोरबे की तश्तरी; *fig* दाल-भात, दाल-रोटी, छोटा-मोटा लाभ (जिसकी ख़ातिर किसी ऊंची चीज़ का त्याग किया जाये), 2 कुत्तों का द्रव; भोजन, 3 भिन्न प्रकार की वस्तुओं का मिश्रण, खिचड़ी, 4 अव्यवस्था, गड़बड़ [Everything is in a mess] **to make a mess of** (it, sth) गड़बड़ कर देना, (काम) बिगाड़ देना; 5 परेशानी, उलझन, झंझट [He has got into a ~] 6 (i) भोजनालय, (ii) एक ही भोजनालय में भोजन करने वाले लोग (वि॰ सैनिक), (iii) भोजन, 7 गन्दगी

mess^2 *vt* & *i* 1 (चीज़ों को) गन्दा करना, मैला करना, ख़राब करना, 2 (काम) बिगाड़ना, गड़बड़ करना [to ~ (up) a business]; 3 *vi* **to ~ about** आवारा फिरना, बेकार रहना, 4 (एक ही जगह) भोजन करना, **to ~ with s.o., to ~ together** किसी के साथ भोजन करना

message मेॅसिज *n* 1 सन्देश [Take this ~ to my brother], समाचार, ख़बर, संवाद; 2 (बात का) मतलब, **to get the ~** मतलब समझना; 3 ऋषि या पैग़म्बर या लेखक का उपदेश या शिक्षा [the ~ of Dayanand, Gandhi, Tagore, etc]

messenger मेॅसिन्जर *n* सन्देशवाहक, दूत, हरकारा

Messiah *n* (म-साइअ) 1 यहूदियों के कष्ट निवारण के लिए आने वाला महात्मा, मसीहा, ईसा 2 पराधीन देशों को स्वतन्त्र कराने वाला, अत्याचार-पीड़ितों को अत्याचार से छुटकारा दिलाने वाला

Messianic मेॅसिऐनिक *a* (see prec) 1 मुक्ति या छुटकारा दिलाने वाले का, मसीहा का, मसीही, 2 मसीहा के आने के विश्वास या आशा से प्रेरित

Messieurs मेॅसर्ज़ *n pl* (*abbr* **Messrs**, *pl* of Mr.) सर्वश्री

messuage मेॅस्विज *n* (*law*) रिहाइशी मकान और उसका अहाता

messy मेॅसि *a* (f. mess^1) 1 गन्दा, जिससे हाथ या कपड़े आदि गन्दे हो जायें [a ~ job], 2 परेशान करने वाला, कठिन, विकट [a ~ situation]

metabolic मेॅट-बॉॅलिक *a* (f. foll) उपापचयात्मक, उपापचयी

metabolism मिटैबलिज़्म *n* उपापचय(न), **constructive ~** जीवित शरीर की वह प्रक्रिया जिससे भोजन का रस जीवद्रव्य में परिणत होता है, उपचयन प्रक्रिया; **destructive ~** वह प्रक्रिया जिस से जीवद्रव्य विघटित होता है, अपचयन प्रक्रिया

metacarpus मेॅटकार्पस *n* हाथ का कलाई और उंगलियां के बीच का भाग, करभ

metal मेॅटल *n* & *vt* 1 धातु, 2 (also **road-metal**) (पक्की) रोड़ी, 3 (in *pl*) रेल की पटरी; (of train) **to leave, jump, the ~s** पटरी पर से उतरना, *vt* (सड़क को) पक्का करना, रोड़ी बिछाना, पत्थर बिछाना, मरम्मत करना; **~led road** पक्की सड़क

metallic मिटैलिक *a* धातु का, धात्विक, धात्वीय, धातु-संबंधी, धातु-जैसा, **~ lustre** धातु-जैसी चमक, **~ sound** खनक, झनकार, **~ voice** कर्कश स्वर

metallize मेॅटलाइज़ *vt* 1 धातु-युक्त करना, धातु चढ़ाना, 2 (गन्धक मिला कर) रबड़ को कड़ा बनाना

metallography मेॅट-लॉॅग्रफ़ि धातुरचना-विद्या

metalloid मेॅट-लॉॅइड *n* & *a* पदार्थ या तत्व जिसमें धातु और अधातु दोनों के गुण हों, उपधातु; *a* धातु के रूप-रंग का, धात्वाभ

metallurgic(al) मेॅट-लर्जिक(ल) *a* धातु-शोधन-संबंधी, धातुकर्म-संबंधी, धातुकर्मीय

metallurgist मेॅटलर्जिस्ट *n* धातुशोधक, धातुकर्मी

metallurgy मेॅट-लर्जि *n* कच्ची धातु को साफ़ करने तथा उसे कूट-पीट कर अभीष्ट आकार देने का काम, धातुशोधन-विद्या, धातुकर्म, धातुकर्म-विज्ञान

metamorphic मेॅट-मॉर्फ़िक *a* 1 रूप परिवर्तन का, कायान्तरण का, कायान्तरी, 2 (*geol*, of rock) जिसमें प्राकृतिक प्रक्रिया से परिवर्तन हो गया हो, परिवर्तित, रूपान्तरित

metamorphism मेॅट-मॉर्फ़िज़्म *n* रूपान्तरण, कायान्तरण

metamorphose मेॅट-मॉर्फ़ोज़ *vt* रूप बदलना,

रूपान्तरित करना, काया पलट देना, (अन्य वस्तु का) रूप देना, [to ~ sth **to, into,** sth else; The witch ~d the boy into a parrot], 2 प्रकृति या स्वभाव बदल देना

metamorphosis मे॑ट-मॉर्फ़सिस, -मॉर्फ़ोसिस *n* (*pl*-oses) 1 (स्वाभाविक विकास या जादू से) रूप-परिवर्तन, रूपान्तरण कायान्तरण, काया-पलट [the ~ in the life of an insect] 2 परिवर्तित या नया रूप, 3 गुण, स्वभाव आदि का परिवर्तन

metaphor मे॑ट-फ़र *n* 1 रूपक (अलङ्कार) (*e.g.* The wish is *father* to the thought) 2 लक्षणा; **metaphoric(al)** मे॑ट-फ़ॉ॑रिक(ल) *a* 1 रूपकमय, रूपकों से अलङ्कृत, 2 लाक्षणिक; ~ meaning लाक्षणिक अर्थ

metaphrase मे॑ट-फ़्रेज़ *n* & *vt* शब्दानुवाद (करना), शब्दश: अनुवाद (करना)

metaphysical मे॑ट-फ़िज़िकल *a* 1 तत्वविद्या या तत्वमीमांसा का, तात्विक, अध्यात्मविद्या का, आध्यात्मिक 2 अतिसूक्ष्म, गूढ़, दुरूह, 3 अशरीरी, अभौतिक, अपार्थिव, 4 अतिमानुषिक, अलौकिक, लोकोत्तर

metaphysics मे॑ट-फ़िज़िक्स *n pl* (oft treated as *sing*) 1 तत्त्वविद्या, तत्वज्ञान, तत्वमीमांसा; 2 अध्यात्मविद्या, आध्यात्मिकी, परा विद्या, 3 *pop* सिद्धान्त-मात्र, कोरा सिद्धान्त

metaphysician मे॑ट-फ़ि-ज़िशन *n* तत्ववेत्ता, तत्वज्ञानी

metastasis मे॑-टैस्टसिस *n* 1 रोग का एक अंग से दूसरे अंग में चला जाना, रोग का स्थानान्तरण

metatarsal मे॑ट-टार्सल *a* (f. foll) पादशलाका का, प्रपदकीय

metatarsus मे॑ट-टार्सस *n* (*anat*) पांव की उंगलियों और टख़नों के बीच की पांच लंबी हड्डियां पादशलाका, प्रपद

metathesis मि-टै॑थि-सिस *n* 1 *gram* (शब्द में दो अक्षरों या ध्वनियों का) अदल-बदल, विपर्यय, विपर्यास, व्यत्यास, *e.g.* interchange of s & p in clapse (old Eng.) to clasp (mod. Eng), 2 *chem* दो अणुओं के बीच परमाणुओं का अदल-बदल

mete[1] मीट *n* सीमा; सीमा का पत्थर

mete[2] *vt* (*liter*, *poet*) 1 नापना, 2 **to ~ out** (punishment, reward) देना, [justice was ~d out to us]

metempsychosis मे॑टे॑म्प्स-कोसिस *n* (*pl* -ses) मृत्यु के बाद मनुष्य या पशु की आत्मा का दूसरे शरीर में प्रवेश, देहान्तर-प्राप्ति, पुनर्जन्म

meteor मीटिअर *n* अन्तरिक्ष से गिरने वाला कोई पिंड जो पृथ्वी के वातावरण की रगड़ से चमकने लगता है, पुच्छल तारा, उल्का; ~ **shower** उल्का-वृष्टि; ~ **trail** उल्कापथ

meteoric मीटि-ऑ॑रिक *a* 1 वातावरण का, वातावरण की दशा पर आधारित, 2 उल्का-संबंधी, 3 (*fig*) तेज़, शीघ्र, द्रुत, चौंधियाने वाला, आश्चर्यजनक [~ rise in the social scale]

meteorite मीटिअ-राइट *n* टूट कर गिरा हुआ, तारा, गिरी हुई उल्का, उल्का पत्थर, उल्काश्म, उल्कापिण्ड

meteoroid मीटिअ-रॉ॑इड *n* उल्का-जैसा अन्तरिक्षी लघु पिंड, उल्काभ

meteorological मीटिअर-लॉ॑जिकल *a* मौसम विज्ञान-संबधी, मौसम का, मौसमी

meteorologist मीटिअ-रॉ॑ल-जिस्ट *n* मौसम-वैज्ञानिक, मौममविज्ञ

meteorology मीटिअ-रॉ॑ल-जि *n* 1 मौसम के बारे में भविष्यवाणी करने के लिए वातावरण की दशा का अध्ययन, मौसमविज्ञान, मौसमशास्त्र, 2 (प्रदेश का) वातावरण, वातावरण की विशेषता

meter मीटर *n* मापक, मापयन्त्र, मीटर [gas-~, water-~]

methane मीथेन *n* गन्धवर्णरहित ज्वलनशील गैस

methinks मिथिङ्क्स *vi* (*arch*) = meseems मुझे लगता है कि... *pt* **methought** मुझे लगा कि ...

method मे॑थड *n* 1 कोई काम करने की विशेष प्रक्रिया, (उचित) विधि, (उपयुक्त) रीति, ठीक ढंग, ढब, सलीका, 2 व्यवस्था, सुव्यवस्था, उचित क्रम, **There's ~ in his madness** (*joc*) वह इतना पागल नहीं है जितना कि लगता है

methodical मिथॉ॑डिकल *a* 1 सुव्यवस्थित, ढंग का, ढब का, तरीके का, सलीके का, बाकायदा, 2 (of person) (ठीक) ढंग से काम करने वाला

Methodist मे॑थ-डिस्ट *n* 1 ईसाई धर्म के कतिपय प्रोटेस्टेन्ट संप्रदायों में से किसी का सदस्य, 2 *derog* कट्टरपन्थी; 3 **methodist** काम की उचित विधि का समर्थक, ढंग से काम करने वाला

methodize मै॑थ-डाइज़ *vt* व्यवस्थित करना, क्रमबद्ध करना

methodology मे॑थ-डॉ॑ल-जि *n* 1 कार्य (विशेष) करने के तरीके, कार्यविधि, 2 कार्यविधिविज्ञान

methyl मे॑थिल *n* कतिपय कार्बनिक पदार्थों में पाया जाने वाला तत्त्व-विशेष, मेथिल

methylate मे॑थिलेट *vt* (see prec) (अल्कोहल को अपेय बनाने के लिए उसमें) मेथिल मिलाना, **methylated spirit** मेथिलयुक्त अपेय अल्कोहल

meticulous मिटिक्युलस *a* बारीकियों का ध्यान रखने वाला, छोटी-छोटी बात का ध्यान रखने वाला, अतिसावधान, अतिसतर्क, 2 अतिसावधानी का [~ care]; ~**ness** *n* अतिसावधानता

metonym मे॑ट-निम *n* लाक्षणिक शब्द

metonymical मे॑ट-निमिकल *a* (f. foll) लाक्षणिक

metonymy मिटॉ॑निमि *n* किसी व्यक्ति के वाचक के स्थान पर उससे संबंधित पदार्थ के वाचक का प्रयोग, लाक्षणिक प्रयोग [*e.g.* 'crown' in

misprint मिस्-प्रिन्ट *n* & *vt* छापे की गलती, छपाई की अशुद्धि; *vt* अशुद्ध छापना

mispronounce मिस्-प्रनाउन्स *vt* अशुद्ध उच्चारण करना; **mispronunciation** *n* अशुद्ध उच्चारण

misquotation मिस्क्वो-टेशन *n* गलत (स्थल का) उद्धरण; अशुद्ध उद्धरण

misquote मिस्क्वोट *vt* 1 गलत उद्धरण देना, 2 उद्धरण देने में गलती करना, अशुद्ध उद्धरण देना

misread मिस्रीड *vt* गलत या अशुद्ध पढ़ना

misrepresent मिस्रें'प्रिज़ेन्ट *vt* ग़लत बताना, ग़लत बयान करना, ग़लत वर्णन करना, तोड़-मरोड़ कर कहना या पेश करना, **~ation** *n* मिथ्या कथन या वर्णन, ग़लत-बयानी, तोड़-मरोड़ कर कही गई बात, मिथ्यानिरूपण

misrule मिस्रूल *n* & *vt* बुरा शासन, कुशासन, *vt* बुरी तरह शासन करना

miss^{1} मिस *n* 1 चूक, असफलता, नाकामी; *Prov:* **A miss is as good as a mile** (i) थोड़ी हो चाहे बहुत, **असफलता** असफलता ही है, (ii) चाहे बाल-बाल बचे चाहे कोस भर से, बचना बचना ही है, **to give s.o., sth, a ~** (व्यक्ति से) मिलने न जाना (स्मारक आदि) देखने न जाना, छोड़ना, रहने देना, टालना

miss^{2} *vt* 1 चूक जाना; **to miss one's aim** *or* **mark** निशाना चूक जाना, 2 **to ~ the boat, to miss an opportunity** अवसर खो देना या जाने देना, अवसर चूक जाना, 3 **to** miss a remark बात सुन न पाना, समझ न पाना, **to ~ a joke** मज़ाक समझ न पाना, **to miss a train** गाड़ी छूट जाना, **to miss (out) words** (in reading, writing, etc.) शब्द छोड़ जाना या खा जाना, 6 **to miss** s.o., sth (i) (व्यक्ति की) अनुपस्थिति से खेद होना, (वस्तु का) अभाव खलना, आवश्यकता महसूस होना; (ii) न पाना, न मिलना [I missed, I 'm missing, my shoes]; 7 (of gun) न दगना, न चलना, 8 न करना, छोड़ना, टालना, बचना, जाने देना, न लेना [to ~ a meal]

miss^{3} *n* 1 कुमारी। [Miss Smith]; लड़की [a modern miss]

missal मिसल *n* (ईसाइयों की) प्रार्थना-पुस्तक

missal(-thrush) मिसल (-थ्रश) *n* (जाति-विशेष की) चिड़िया, पक्षी

misshapen मिस्शेपन *a* टेढ़ा-मेढ़ा, भद्दा, कुरूप. बेढंगा

missile मिसाइल *a* & *n* (ईंट-पत्थर आदि चीज़) जिसे फेंक कर मारा जा सके, फेंक कर मारने का; (अस्त्र) जिसे यन्त्र से फेंका या छोड़ा जा सके, क्षेपणीय *n* फेंक कर मारने की चीज या अस्त्र, प्रक्षेपास्त्र

missing मिसिङ्ग *a* 1 गुम, ग़ायब, लुप्त [a page is ~], 2 (of **soldiers** after the battle) लापता, 3 **missing link** (i) शृंखला की लुप्त कड़ी, (ii) *zool* वनमानुष और मनुष्य के बीच का कल्पित प्राणी

mission मिशन *n* 1 (दूसरे देश के साथ बातचीत करने के लिए भेजा गया) शिष्टमण्डल, दूतमण्डल, 2 (i) (धर्म प्रचारर्थ भेजा गया) प्रचारकमण्डल, (ii) प्रचारकसंस्था, (iii) प्रचारकार्य, 3 दूतकार्य, दौत्य, (राजनीतिक अथवा अन्य) काम, प्रयोजन [to be sent on a mission to someone] 4 (जीवन का) लक्ष्य, उद्देश्य, काम [**mission in life**]; 5 **good-will mission** (i) सद्भावना-मण्डल, (ii) सद्भाव यात्रा

missionary मिश्नरि *a* & *n* 1 धर्मप्रचार का, प्रचारात्मक, 2 प्रचारका-सा, **~ zeal** भारी जोश, पक्की धुन, **missionary spirit** निःस्वार्थ सेवा करने की मनोवृत्ति, सेवा-भाव, परोपकारवृत्ति, *n* (धर्म-) प्रचारक, उपदेशक

missis, -ssus मिसिज़ *n* (as used by servants) मालकिन, 2 (*vulg, joc*) **the missis** धर्मपत्नी, घरवाली

missive मिसिव (सरकारी) पत्र

misspell मिस्-स्पे'ल *vt* ग़लत हिज्जे करना, ग़लत लिखना

misspend मिस्-स्पे'न्ड *vt* 1 अपव्यय करना, फ़िजूल खर्च करना, 2 ज़ाया करना, गँवाना, ग़लत कामों में लगाना [a **misspent** youth]

misstate *vt* ग़लत बयान देना; **~ment** *n* मिथ्या कथन, गलत बयान, गलत बयानी

missy मिसि *n colloq* for miss (not followed by name)

mist मिस्ट *n* & *vi* & *vt* 1 कोहरा, कुहासा, 2 धुंध, अंधेरा, 3 धुंधली दृष्टि, धुंध, *vi* कोहरा पड़ना या छाना, कुहासा जमना, धुंध छा जाना, धुंध में छिप जाना [The valley has misted over], *vt* धुंधला कर देना [**Her eyes** (were) misted with tears]

mistake^{1} मिस्टेक *n* 1 गलती, भ्रम, भ्रान्ति, अशुद्धि 2 भूल, चूक, दोष, त्रुटि, 3 **by ~** गलती से [I took his pen by ~], *emphasizing preceding statement*) **and no mistake** निश्चय ही, निस्सन्देह [He is hard-working and no mistake]

mistake^{2} *vt* (किसी के शब्द, आशय आदि) गलत समझना, और का और समझ लेना, ग़लती करना, भूल करना, चूक करना, 2 **to mistake s.o. for s.o. (else)** किसी को कोई और समझ लेना; **There's no mistaking** ग़लत समझने की या पहचानने में गलती करने की कोई संभावना नहीं है

mistaken *a* 1 (of person) जिसे ग़लती लगी हो; If I am not ~ यदि मैं ग़लती नहीं कर रहा हूं, 2 गलत, भ्रमपूर्ण, **~ opinion** ग़लत राय, **~ zeal** अनुचित उत्साह या जोश, **mistaken identity** एक व्यक्ति को दूसरा समझ लेना, पहचान की गलती, **~ly** *adv* गलती से

mister मिस्टर *n* श्री [Mr. Smith], श्रीमान्;

महोदय, साहब (put after the name etc. in Hindi), Mr. President सभापति महोदय

mistime मिस्टाइम *vt* गलत समय पर करना या कहना

mistiness *n* 1 कोहरे से ढक जाने की अवस्था, 2 धुंधलापन, अस्पष्टता

mistletoe मिसल्टो *n* एक प्रकार की वृक्षाश्रयी लता, आकाश बेल, अमर बेल

mistranslate मिस्-ट्रान्स्(-ट्रैन्स्)-लेट *vt* ग़लत या अशुद्ध अनुवाद करना; **mistranslation** *n* अशुद्ध अनुवाद

mistress मिस्ट्रिस *n* 1 मालकिन [~ of a household], 2 निर्णय करने का अधिकार रखने वाली [You are your own mistress]; नियंत्रण रख सकने वाली, निपटा सकने वाली [You are the ~ of the situation], 3 अच्छा ज्ञान रखने वाली, अच्छी ज्ञाता, पारंगत, [~ of a subject], 4 अध्यापिका; 5 प्रेयसी, प्रियतमा, 6 रखैल, 7=Mrs. *q.v.*

mistrust मिस्ट्रस्ट *n* & *vt* विश्वास का अभाव, अविश्वास, सन्देह, शङ्का, *vt* विश्वास या भरोसा न होना, सन्देह या शङ्का या शक होना [to ~ s.o., oneself, one's powers]; **~ful** *a* जिसे विश्वास या भरोसा न हो, जिसे सन्देह या शङ्का या शक हो, शङ्कालु, शङ्काशील, शक्की

misty मिस्टि *a* **1** कोहरे से ढका हुआ, जहाँ कोहरा छाया हुआ हो, 2 (*lit* & *fig*) धुंधला, अस्पष्ट [a ~ figure; a ~ idea]

misunderstand मिसन्डर्स्टैन्ड *vt* (~stood) (किसी का कथन, आशय आदि) गलत समझना, गलत अर्थ लगाना. **misunderstanding** *n* 1 गलत समझना, गलतफ़हमी, भ्रांति, भ्रम, 2 मतभेद, झगड़ा, फूट, अनबन

misuse मिस्-यूस *n* & *vt* मिस्-यूज़ 1 ग़लत या अशुद्ध प्रयोग, दुष्प्रयोग [~of words] 2 दुरुपयोग, नाजायज इस्तेमाल [~ of funds, power etc.] *vt* 1 गलत या अशुद्ध प्रयोग करना, दुष्प्रयोग करना, 2 अनुचित काम में लाना, दुरुपयोग करना, नाजायज इस्तेमाल करना

mite माइट *n* थोड़ा-बहुत (जो किसी से हो सके), यत्किंचित् [to offer one's ~ to a good cause], 2 (*colloq*) **not a mite** ज़रा भी नहीं, लेशमात्र भी नहीं 3 छोटी सी चीज़ वि० छोटा बच्चा [a ~ of a child], 4 एक लघु कीड़ा

mitigate मिटिगेट *vt* 1 (दु:ख, सन्ताप, पीड़ा, दण्ड, उष्णता, शीतलता आदि) कम करना, घटाना, हल्का करना, 2 (क्रोध) (कुछ-कुछ) शांत करना, 3 (अपराध, दोष की) उग्रता कम करना, कम करके दिखाना [**mitigating circumstances**]

mitigation मिटिगेशन *n* (see prec) 1 हल्का करना, 2 *law* कमी; plea in ~ of damages हरजाना कम कराने के लिए सफ़ाई; ~ of punishment दंड कम करना

mitigatory मिटिगेट्रि *n* कम या हल्का करने वाला, शान्त करने वाला

mitrailleus मित्राय्यज़ *n* अनेक नालियों वाली मशीनगन (जिस से अनेक छोटे-छोटे गोले निकलते हैं), बहुनाली मशीनगन

mitre^{1} माइटर *n* & *vt* बिशप की (पदसूचक ऊँची) टोपी, *vt* (बिशप को) पदसूचक टोपी प्रदान करना

mitre^{2} *n* & *vt* 45° का कोण, **mitre(-joint)** 45°-45° के कोण पर कटी दो लकड़ियों का जोड़, कलमी जोड़; *vt* 45° के कोण पर काटना; 45° के कोण पर कटी दो लकड़ियों को जोड़ना

mitt मिट *n* औरतों का निरंगुल लंबा दस्ताना

mitten मिटन *n* 1 एक प्रकार का दस्ताना (जिसमें अंगूठा बना होता है पर उंगलियां नहीं होती), निरंगुल दस्ताना; 2 (*sl*) **to give the (frozen) ~** (i) प्रेमी का विवाह-प्रस्ताव ठुकरा देना; (ii) (कर्मचारी को) बरखास्त करना **to get the (frozen) ~** (i) प्रेमी का विवाह-प्रस्ताव अस्वीकृत होना, (ii) (कर्मचारी का) बरखास्त होना, 3 (in *pl. sl*) घूंसेबाजी का दस्ताना

mittimus मिटिमस *n* 1 कारावास का आदेश (-पत्र), 2 *arch*(*colloq*) (नौकरी से) बरख़ास्तगी [to get one's ~]

mix मिक्स *vt* & *i* & *n* 1 मिलाना, मिश्रित करना, मिश्रण करना, घोलना, 2 *vi* मिलना, घुलना [Oil will not mix with water], 3 मिलना-जुलना, मेल-जोल रखना [to mix **in** society, to mix **with** people], 4 **to mix up** (i) अच्छी तरह मिलाना, (ii) गड़बड़ करना, गड्डमड्ड करना [Don't mix up my papers], (iii) कुछ का कुछ समझ लेना, एक चीज़ को दूसरी चीज़ समझ लेना, 5 **to be** (*or* **get**)**mixed up in an affair** किसी मामले में फँसा या उलझा हुआ होना या उलझ जाना [Don't get mixed up in politics]; *n* (*colloq*) मिश्रण, मिली-जुली चीज़

mixed मिक्स्ट 1 *a* मिश्र, मिश्रित, मिला-जुला, तरह तरह के तत्वों का, विविध प्रकार का, **mixed reaction** अनुकूल और प्रतिकूल (दोनों प्रकार की) प्रतिक्रिया, 2 स्त्री-पुरुष दोनों का, लड़के-लड़कियों का [~ school]; 3 **~ blessing** ऐसी बात जिसमें लाभ हो पर साथ ही कुछ हानि भी, लाभ और हानि का मिश्रण; **~ doubles** (*tennis* etc) खेल जिसमें दोनो तरफ स्त्री-पुरुष का जोड़ा हो; **~ feelings** (एक ही घटना पर) कुछ हर्ष और कुछ विषाद

mixer मिक्सर *n* 1 मिश्रण करने का यन्त्र, मिश्रण-यन्त्र, 2 *colloq* **good mixer**, सब से मिलने-जुलने वाला व्यक्ति, मिलनसार आदमी; **bad mixer** कम मेल-जोल रखने वाला

mixture मिक्स्चर *n* **1** मिश्रण, घोल, खिचड़ी, 2 (कई औषधियों को मिला कर बनाई गई) पीने की

दवा, 3 **the ~ as before** (*colloq*) वही पुराना तरीका, वही पहले जैसा बर्ताव

miz(z)en मिज़न *n* (*naut*) 1 (also **~-sail**) सबसे निचला पाल (जो तीन पालो वाले जहाज के पिछले मस्तूल से कभी-कभी बांधा जाता है), 2 **miz(z)en-mast** पिछला मस्तूल

mizzle मिज़ल *n* & *v impers* बूंदा-बांदी (होना), फुहार (पड़ना)

mnemonic निमोंनिक *a* & *n* स्मरणशक्ति या याददाशत बढ़ाने का, स्मृतिवर्द्धक, स्मरण करने में सहायक; *n* स्मृतिवर्द्धक या स्मृतिजनक उपाय; **mnemonics** *n pl* स्मरणशक्ति बढ़ाने की कला या विद्या, स्मृतिसुधार-विधि

mnemotechnics नीमोटेंकनिक्स *n* = prec, *pl*

moan^1 मोन *vi* & *t* 1 कराहना, आह-आह करना, 2 (of wind) सांय-सांय करना, 3 *vt* कराहते हुए (कुछ शब्द) कहना, 4 (दुर्भाग्य, आपत्ति आदि पर) आंसू बहाना, शोक करना, विलाप करना, शिकायत करना

moan^2 *n* कराहने की (धीमी और लंबी) आवाज, आर्तनाद

moat मोट *n* किले के इर्द-गिर्द बनी खाई, परिखा

mob मोंब *n* 1 **the mob** निचले दर्जे के लोग, निम्न वर्ग, **mob law** *or* **rule** निम्न वर्ग का कानून या शासन, 2 भीड़, मजमा, उत्तेजित भीड़, उपद्रवी लोग, उपद्रवियों या दंगइयों की भीड़, 3 **the swell mob** (*arch*) बने-ठने जेबकतरे, 4 **mob psychology** भेड़-चाल; **mobocracy** *n* (see further)

mob^2 *vt* & *i* (of crowd) किसी पर टूट पड़ना, हमला करना, हाथापाई करना, *vi* भीड़-भाड़ करना, बड़ी संख्या में जमा होना, मजमा करना

mobile मोबाइल *a* 1 गतिशील, जंगम, चलता-फिरता, चल- [~ court, post office, etc], 2 (of person ,mind) (*i*) चंचल, झट बदल जाने वाला, परिवर्तनशील, (ii) कभी कुछ और कभी कुछ काम करने वाला, विविध काम कर सकने वाला, 3 (of troops) जो आसानी से एक जगह से दूसरी जगह जा सके, मोटर-गाड़ियों से युक्त

mobility मोबिलिटि *n* 1 गतिशीलता [~ of capital, labour, etc] 2 एक जगह से दूसरी जगह जाने की योग्यता या क्षमता, गतिक्षमता

mobilization *n* (see foll) 1 (मुद्रा का) काम में लाया जाना; ~ of resources साधनों का जुटाव, 2 लामबन्दी

mobilize मोबिलाइज़ *vt* 1 गतिशील बनाना, (मुद्रा या पूंजी को) काम में लाना, (मुद्रा का) संचार बढ़ाना, (साधनो को) काम में लाना, जुटाना [to ~ resources] 2 (सेना को) युद्ध के लिए तैयार करना, लामबन्दी करना

mobocracy मों-बोंक्रसि निचले दर्जे के लोगों का राज्य या शासन, निम्नवर्ग का शासन, भीड़शाही, भीड़तंत्र

moccasin मोंक-सन *n* मृगचर्म का जूता

mocha^1 मोक: *n* एक प्रकार का कीमती पत्थर

mocha^2 *n* (also ~ coffee) कहवे की बढ़िया किस्म

mock^1 मोंक *attrib. a* 1 नकली, बनावटी, कृत्रिम, झूठा, दिखावटी; ~ **battle** नकली या झूठी लड़ाई, क्रीड़ायुद्ध, ~ **modesty** दिखावटी लज्जा; ~ **trial** (*i*) नकली मुकदमा, (ii) उपहासजनक मुकदमा, 2 **mock-heroic** *n* & *a* वीरता की हास्यजनक नकल (करने वाला) 3 **mock sun** सूर्याभास, प्रत्यादित्य, प्रतिसूर्य (see parhelion), **mock moon** चन्द्राभास, प्रतिचन्द्र (see paraselene)

mock^2 *vt* & *i* 1 उपहास करना, हंसी उड़ाना, मज़ाक उड़ाना [to **mock** (at) s.o., sth; They ~ed at my fears], 2 नकल करना, नकल उतारना, चिढ़ाना, 3 उपहासपूर्वक अवज्ञा करना; **mock-up** *n* (विमान, जहाज़ आदि का) प्राय: पूरे आकार का नूमना, (छप रही पुस्तक के अंश का) नमूना

mockery मोंकरि *n* 1 उपहास, मज़ाक, हंसी, विडम्बना, 2 उपहास-पात्र, मज़ाक का निशाना, 3 नकल, नकली रूप, दिखावा, विडम्बना [His trial was a mockery]

mod मोंड *a* (*abbr* of) modern; **mod cons** = modern conveniences आधुनिक जन-सुविधाएं; शौचालय

modal मोडल *a* 1 आकार का, विधि का (न कि विषय-वस्तु का), आकार-संबंधी, विधि-संबंधी, आकारगत, 2 ~ **legacy** दाय या रिक्थ जिसके विनियोग की विधि का निर्देश किया गया हो, निर्दिष्ट-विनियोग रिक्थ; 3 (*log*) **modal proposition** तर्क वाक्य जिसमें संभावना, असंभावना आदि का निश्चयात्मक कथन हो, निश्चयमात्रिक प्रतिज्ञप्ति

modality मडेलिटि *n* 1 प्रकारता, 2 *log* निश्चयमात्रा, 3 (in *sing or pl*) काम करने की विधि, कार्य-विधि

mode मोड *n* 1 ढंग, तरीका, विधि, विधा, पद्धति, प्रणाली, प्रकार, 2 रीति, रिवाज, रस्म, आचार-व्यवहार 3 (*log*) (तर्कवाक्य की) निश्चयमात्रा

model^1 मोंडल *n* & *attrib a* 1 (इमारत आदि का) (i) प्रतिरूप, प्रतिमा, (ii) नक्शा, रूप-रेखा, 2 (मिट्टी, मोम आदि की) प्रतिमा जिसके नमूने पर अन्य द्रव्य की वैसी ही आकृति बनाई जाये, नमूना, प्रतिमान, 3 व्यक्ति जिसे विशेष मुद्रा में बिठा कर कलाकार तदनुसार चित्र या मूर्ति बनाते हैं, 'माडल, 4 (वस्त्र-व्यापारी की दुकान पर) ग्राहकों को कपड़े पहन कर दिखाने वाला व्यक्ति (वि० सुन्दर स्त्री); माडल, 5 अनुकरणीय व्यक्ति या वस्तु पर काम, नमूना, आदर्श 6 *attrib* आदर्श, आदर्शरूप, नमूने का [a ~ farm]

model^2 *vt* (-ll) 1 मूर्ति बनाना या गढ़ना

(मिट्टी, मोम आदि की), to ~ sth **after, upon,** sth किसी के नमूने पर कोई चीज़ बनाना, किसी वस्तु का प्रतिरूप बनाना; **to ~ oneself(up)on** s.o. अपने आप को किसी जैसा बनाना, किसी का अनुकरण करना, 2 (कपड़ा) पहन के दिखाना, (see prec 4)

modelling मॉडलिङ्ग *n* 1 प्रतिरूप बनाना, प्रतिरूपण, 2 वस्त्र पहन कर दिखाने की कला या पेशा, **वस्त्र-प्रदर्शनकला**, वस्त्र-प्रदर्शनवृत्ति

moderate^1 मॉड्रिट *a* & *n* 1 कभी अति न करने वाला, **मर्यादा** में रहने वाला, **मर्यादा** का पालन करने वाला, मिताचारी, 2 मित, मर्यादित, संयत [~ behaviour, language], 3 न बहुत ज्यादा न बहुत कम, न बहुत बड़ा न बहुत छोटा [~-sized house], औसत दर्जे का, साधारण, मामूली; 4 कम, थोड़ा [~ prices]; *n* (राजनीति में) मध्यपन्थी, नरम-पन्थी, अनुग्रतावादी

moderate^2 मॉडरेट *vt* & *i* 1 उग्रता या प्रचण्डता कम करना या होना, हल्का या नरम करना या होना; तेज़ी कम करना, धीमा करना या होना, 2 मध्यस्थता करना, मध्यस्थ या पंच बनना, **~ness** *n* 1 अनुग्रता, नरमी, धीमापन, 2 संयतता

moderation मॉडरेशन *n* 1 अनुग्रता, मिताचार, मर्यादा का पालन, संयम, संयतता, **in ~** संयत, मर्यादित, संयम से, अति न करते हुए, थोड़ी मात्रा में [Avoid strong drinks or take them in ~, 2 पंच का काम, **मध्यस्थता**

moderator मॉडरेटर *n* 1 (सभा या बैठक का) अध्यक्ष, संचालक, नियामक, 2 मध्यस्थ, पंच, सालिस, 3 प्रश्नपत्रों की जांच में नरमी बरतने वाला परीक्षक

modern मॉडर्न *a* & *n* 1 आधुनिक, आजकल का, नये जमाने का, नया, नवीन, नूतन, **~ English** 1500 ईसवी के बाद की अंग्रेज़ी, **~ times** नया ज़माना, नवीन युग, आधुनिक युग, 2 नये ढंग का, नवीन पद्धति का, नई रोशनी का, नये विचारों का, *n* आजकल का व्यक्ति, नये ज़माने का आदमी, नई रोशनी का आदमी; **~ness** आधुनिकता

modernism मॉडर्निज़म *n* 1 नये विचार, नई रोशनी, नई पद्धति, नये रीति-रिवाज, 2 नया शब्द, नया या **आधुनिक** प्रयोग, नया मुहावरा

modernity म-डर्निटि *n* आधुनिकता, नवीनता

modernization *n* (see foll) आधुनीकरण

modernize मॉडर्नाइज़ *vt* नये ज़माने के अनुसार ढालना या बनाना, नये ढंग का बनाना, आधुनिक रूप **देना,** आधुनीकरण करना [to ~ machinery]

modest मॉडिस्ट *a* 1 अपने गुणों, योग्यता आदि का कम अनुमान लगाने वाला, अपने को बहुत न समझने वाला, शेख़ी न बघारने वाला, निरभिमान [He is **~ about** his achievements], 2 शर्मीला, लज्जाशील, शालीन, संकोची, नम्र, विनीत, 3 (of women) सती, साध्वी, 4 (of demands, amount, etc) कम, थोड़ा; मामूली, **साधारण,** **~y** मॉडस्टि *n* 1 अपने को बहुत न समझना, निरभिमानिता, **in all ~y** निरभिमानपूर्वक, **2 लज्जा,** शरम, शालीनता, 3 सतीत्व [to offend, violate, **~y**], 4 अल्पता, न्यूनता [~y of a demand]

modicum मॉडिकम *n* थोड़ी मात्रा, लव, लेश [a ~ of **effort, food,** wine, etc]

modification *n* (see foll) 1 किंचित् **परिवर्तन,** **काट-छाँट,** अदल-बदल, संशोधन, तरमीम, 2 कम करना, घटाना, हल्का करना, अल्पीकरण

modify मॉडिफ़ाइ *vt* 1 कुछ-कुछ बदलना, किंचित् परिवर्तन करना, अदल-बदल करना, काट-छाँट करना, **संशोधन करना** [to ~ a statement], **2 कम करना,** घटाना [to ~ one's demands], हल्का करना [to ~ a punishment]; 3 विशेषता बतलाना [Adjectives ~ nouns]

modish मोडिश (usu *derog*) 1 फ़ैशन के मुताबिक, फ़ैशनदार [a ~ hat], 2 (of person) **बना-ठना**

modiste मॉ-डीस्ट *n* मेमों की टोपियां आदि बनाने वाली स्त्री, दर्जिन

modulate मॉड्युलेट *vt* & *i* 1 घटा-बढ़ा कर ठीक करना, ठीक-ठाक करना, घटाना-बढ़ाना, किंचित् परिवर्तन करना, 2 रेडियो-तरङ्गों का आयाम आदि बदलना, माडुलित करना; *vi* (*mus*) **to ~ from** one key **to** another स्वर ऊंचा-नीचा करना, साधना

modulation मॉड्युलेशन *n* (*mus*) उतार-चढ़ाव, आरोह-अवरोह, स्वर-परिवर्तन, मूर्च्छना

module मॉड्यूल *n* 1 नाप-तौल की इकाई, 2 (**वस्तु,** भवन आदि के निर्माण में काम आने वाला), घटक

modulus मॉड्युलस *n* (*math, mech*) मापांक

modus मोडस 1 **modus operandi** काम करने का ढंग, कार्यविधि [the ~ operandi of smugglers]; (यन्त्र के) काम करने का ढंग; **2 modus vivendi** (i) मुकदमे का फ़ैसला होने तक वादी-प्रतिवादी का समझौता, अस्थायी समझौता (ii) रहने का तरीका, निर्वाहसाधन

mofussil *n* **(Anglo-Ind.),** (ज़िले के मुख्य नगर के अतिरिक्त छोटे नगर या गांव, देहाती इलाका, मुफ़स्सल

mohair मोहॅअर *n* अंगोरा-बकरी का ऊन

Mohammedan महैमि-डन *n* & *a* मुसलमान, मुस्लिम, *a* मुसलमानी; ~ tomb मकबरा

moiety मॉइ-इटि *n* 1 (*law, liter*) आधा, 2 दो खण्डों वाली चीज़ का कोई एक खण्ड, अर्धांश

moil मॉइल *vi* **to toil & moil** बहुत मेहनत करना

moire म्वार *n* बेल-बूटों वाला लहरियादार कपड़ा

moire म्वारे *a* & *n* (of silk) लहरियादार, (**of metal**) जिस पर बादलों की तरह धब्बे-से बने हों, लहरियादार, *n* लहरिया

moist मॉइस्ट *a* 1 गीला, सीला, भीगा हुआ,

तर, नम, आर्द्र, 2 (of weather) नमी वाला, बरसाती, ~**ness** *n* गीलापन, सीलापन, आर्द्रता

moisten मॉइसन *v & i* गीला करना, या होना, भिगोना, भीगना, तर करना या होना

moisture मॉइस्चर *n* 1 नमी, सील, तरी, 2 (of plants) रस

molar^{1} मोलर *a & n* चबाने वाला, पीसने वाला; *n* चबाने का दांत, दाढ़, चर्वण-दन्त, चर्वणक

molar^{2} *a* 1 पुंज का, समूह का, 2 पुंजीभूत, सामूहिक

molasses मलैसिस *n pl* (treated as *sing*) राब, शीरा, सीरा, जूसी, चोट

mole^{1} मोल *n* शरीर पर काले रंग का छोटा दाग़, तिल, उभरा हुआ मांस का दाना, मसा

mole^{2} *n* 1 छछूंदर, 2 **mole-hill** (छछूंदर की खोदी हुई) मिट्टी का ढेर, छोटा टीला, **to make a mountain out of a mole-hill** राई का पहाड़ बनाना, 3 **moleskin** छछूंदर का चमड़ा (जो कि सजावटी पट्टी या अस्तर लगाने के काम में आता है)

mole^{3} *n* 1 बांध, पुश्ता, सेतुबन्ध, 2 कृत्रिम बन्दरगाह

molecular म-लेक्युलर *a* अणु या अणुओं का, अणु-संबंधी, आण्विक

molecule मॉलिक्यूल *n* 1 (*phys, chem.*) अणु; 2 (loosely) कण

molest मलेस्ट *vt* 1 छेड़छाड़ करना, 2 सताना, तंग करना, परेशान करना, हैरान करना, दुर्व्यवहार करना; ~**ation** *n* 1 छेड़छाड़, 2 दुर्व्यवहार

mollification मॉलि-फ़िकेशन *n* (see foll) शमन

mollify मॉलिफ़ाइ *vt* (क्रोध, क्रुद्ध व्यक्ति को) शान्त करना, ठण्डा करना, (व्यक्ति को) मनाना

mollusc मॉलस्क *n* (सीप, घोंघा आदि) कोमल शरीर और प्रायः कड़े आवरण वाले जीव, मृदुकवची, मोलस्क

mollusca *n* (see prec) मोलस्क जीवों की जाति, मृदुकवची वर्ग

molly मोलि *n* भीरु युवक या पुरुष, जनाना, आदमी; ~**-coddle** *n & vt* 1 = molly, 2 लाडला बच्चा, *vt* लाड़-प्यार करना, दुलारना, सिर चढ़ाना

moly मोलि *n* 1 चमत्कारी गुणों वाली एक बूटी, 2 जंगली लहसुन आदि पौधे

moment मोमन्ट *n* 1 क्षण, पल; **at the last moment** अंतिम क्षण में, ऐन वक्त पर, 2 **the moment** अवसर, मौका, 3 **the man of the moment** इस (उस) समय महत्त्व रखने वाला आदमी, 4 (of fact, event) महत्त्व [It is of great, little, no, ~], 5 (*mech*) ~ **of a force** घुमाने की शक्ति, घूर्णन-शक्ति, घूर्ण, आघूर्ण

momentarily मोमन्ट्‌रिलि *adv* क्षण भर (के लिए)

momentary मोमन्ट्‌रि *adv* क्षण भर का, क्षणभर रहने वाला, क्षणिक, अचिरस्थायी, क्षणभंगुर

momently मोमन्ट्‌लि *adv* प्रतिक्षण, क्षण-क्षण में

momentous म-मेन्टस *a* महत्वपूर्ण [a ~ decision], ~**ness** *n* महत्त्व

momentum ममेन्टम *n* (*pl* -ta) 1 *mech* संवेग, 2 (*pop*) वेग, ज़ोर, बल, जोश, उत्साह

monac(h)al मॉन-कल *a* 1 मुनियों का, साधुओं का, भिक्षुओं का, 2 मठ या विहार का; **monachism** मॉन-किज़म *n* मुनिवृत्ति, भिक्षुवृत्ति, मुनि-व्रत

monad मोनड *n* 1 एक, इकाई, 2 सत् का एक मूल तत्त्व (*e.g.* आत्मा, परमात्मा, परमाणु, एकल व्यक्ति; 3 *zool* जीवैकक

monadelphous मॉन-डेल्फ़स *a* 1 (of stamens) जिनके तन्तु या केसर एक गुच्छे में बंधे हों, एक पुंज, 2 (of plants) जिसका पुंकेसर या पराग एक गुच्छे में बंधा हो, एकसंघी

monandrous मनैन्ड्रस *a* (*bot*) जिसमें एक ही पुंकेसर हो, एकपुंकेसर

monandry *n* 1 एकपतिप्रथा, 2 *bot* एकपुंगमता

monarch मॉनर्क *n* सर्वोपरि शासक, राजा, बादशाह, राजाधिराज, महारानी, सम्राट्, सम्राज्ञी; ~**al** मनॉर्कल; ~**ical** मनार्किकल *aa* राजतन्त्रात्मक, राजतन्त्री, ~**ism** राजतन्त्र के सिद्धांत; राजतन्त्र में निष्ठा, राजतन्त्रवाद

monarchy मॉनर्कि *n* 1 राजतन्त्र (-प्रणाली), 2 देश जिसमें राजतन्त्र हो, राजतन्त्र

monastery मॉनस्ट्रि *n* आश्रम, मठ, विहार; Buddhist monastery संघाराम

monastic मनैस्टिक *a* 1 मुनियों या साधुओं या भिक्षुओं का, ~ life मुनिजीवन; यति-जीवन, 2 मठ या विहार का, विहार-जैसा [~ architecture]

Monday मॉन्ड *n* सोमवार, Black ~ (school *slang*) छुट्टियों के बाद आने वाला पहला सोमवार; ~**ish** *a* (*of clergy*) (इतवार को बहुत काम करने के कारण) थका-मांदा; (of others) (इतवार की छुट्टी मनाने के कारण) शिथिल, सुस्त

monde F मॉन्ड *n* 1 समाज, लोग, दुनिया, (व्यक्ति के) संगी-साथी

monetary मनि-टरि *n* 1 धन का, धन-संबंधी, आर्थिक, 2 मुद्रा का, मुद्रा-संबंधी; ~ unit मुद्रा की इकाई

monetization *n* (see foll) मुद्रीकरण

monetize मनिटाइज़ *vt* 1 (धातु की) मुद्रा बनाना, सिक्का बनाना, 2 सिक्का या मुद्रा चलाना

money मनि *n* धन, दौलत, रुपया-पैसा, **to be in the ~** धनी होना; **there is money in it** इस से आर्थिक लाभ हो सकता है, इससे रुपया कमाया जा सकता है, **to make ~** रुपया कमाना, **to marry ~** धनी व्यक्ति से विवाह करना; **to put ~ into sth** किसी काम में रुपया लगाना, 2 संपत्ति, जायदाद, 3 मुद्रा, सिक्का, 4

Prov: **Money makes the mare (to) go** दाम कराये काम, **Time is ~** समय बहुमूल्य पदार्थ है; समय गँवाना धन गँवाना है, 5 *comb*: **~-bag** रुपया-पैसा रखने की थैली, बटुआ; **money-bill** धन-विधेयक, वित्त-विधेयक, विधेयक जिसमें सरकार कर-व्यवस्था या देश की संचित-निधि आदि के बारे में कोई व्यवस्था करे; **~-changer** नोट आदि भुना देने वाला दुकानदार, सराफ़; **~-grubber** *n* धन जोड़ने वाला, **money-lender** *n* रुपया उधार देने वाला, महाजन, साहूकार; **money-market** स्थान जहां हुन्डियों, शेयरों आदि का क्रय-विक्रय होता हो; हुंडी-बाजार, शेयर-बाज़ार; बैंक आदि जहां रुपया उधार मिल सकता है, उधार मिलने की संभावना, मुद्रा-बाजार

moneyed मनिड *a* 1 धनी, धनाढ्य, अमीर, मालदार [~ man], 2 धन का, आर्थिक, वित्तीय [~ resources, assistance], 3 **the moneyed interest** पूंजीपति-वर्ग, सरमायेदार

monger मँगर *n* 1 व्यापारी, विक्रेता, (chiefly in *comb*:) **cheesemonger** पनीर-विक्रेता, **newsmonger, gossip-monger** गप्पी

mongoose मॉङ्गूस *n* नेवला, नकुल

mongrel मंग्रल *a* & *n* दोगला, संकर, संकरजातीय, *n* 1 दोगला कुत्ता, 2 संकरजातीय पौधा या जन्तु

monial मोनिअल *n* =mullion

monism मोनिज़म *n* यह पाश्चात्य सिद्धांत कि विश्व का मूल तत्त्व एक है, आत्मा और प्रकृति भिन्न नहीं है; एकतत्त्ववाद, एकत्ववाद, **monist** *n* एकतत्त्ववादी, एकत्ववादी, **monistic** म-निस्टिक *a* एकतत्त्ववाद का, एकतत्ववादी

monition मनिशन *n* 1 चेतावनी [~ of danger], 2 *law* अदालत में हाज़िर होने का हुक्मनामा, सम्मन, नोटिस

monitor^1 मॉनिटर *n* 1 कक्षा में अनुशासन रखने वाला शिष्य, मानिटर, 2 विदेशी रेडियो-प्रसारण सुन कर नोट कर लेने वाला अधिकारी; सरकारी टेलिफोन के दुरुपयोग की सूचना देने वाला अधिकारी, अनुश्रोता, मानिटर

monitor^2 *vt* & *i* (see pec) 1 विदेशी रेडियो-प्रसारण सुनना, सरकारी टेलिफ़ोन के दुरुपयोग का पता लगाने के लिए टेलिफ़ोन सुनना, अनुश्रवण करना, 2 देख-रेख करना, निगरानी करना

monitory मॉनिटरि *a* & *n* चेतावनी (देने) का, चेतावनी-सूचक, *n* बिशप का चेतावनी-भरा पत्र

monk मङ्क *n* ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह आदि का व्रत लेकर मठ आदि में रहने वाला व्यक्ति, यति, मुनि, साधु, संन्यासी, भिक्षु, फ़कीर, **~ery** मङ्करि *n* (*derog*) 1 मुनि-जीवन, 2 यतिजन, मुनिवर्ग, 3 मठ, विहार, आश्रम

monkey मङ्कि *n* & *vi* 1 बन्दर, वानर, 2 (as a term of playful contempt) नटखट लड़का, [You little ~!] 3 **to put s.o.'s ~ up** किसी को गुस्सा दिलाना, **to get one's ~ up** गुस्सा चढ़ना, क्रुद्ध होना, 4 *comb*: **~ business** शरारत, I won't stand any **monkey business**! मैं शरारत बरदाश्त नहीं करूंगा; **~-nut** मूंगफली; **~-tricks** शरारत, नटखटी; *vi* शरारत करना [to ~ with], उछल-कूद करना [to ~ around, about]

monkish मङ्किश *n* 1 मुनि या मुनियों का, भिक्षु या भिक्षुओं का, 2 भिक्षुओं-जैसा

mono- in *comb*. (before vowels **mon-**) एक, एकमात्र, अकेला, एकल; एक बार, सकृत्

monocarp मॉन-कार्प *n* पौधा जिस पर एक बार फल लगे, **~ic** *a* सकृत्फली

monochromatic मॉन-क्रमैटिक *n* (of light) एक रंग का, इकरंगा, एकवर्णी

monochrome मॉन-क्रोम *a* & *n* एक ही रंग की (गहरी, हल्की) भिन्न-भिन्न आभाओं का बना (चित्र), इकरंगा (चित्र)

monocle मॉन-कल *n* एक आंख का चश्मा

monogamist म-नॉगमिस्ट *n* एक समय में एक पत्नी रखने वाला या एक पति रखने वाली

monogamous मनॉगमस *a* एक पत्नीक, एक पतिक (~ marriage), एकविवाही

monogamy मनॉगमि *n* एक समय में एक ही व्यक्ति से विवाहित होना, एक-पत्नि प्रथा, एक पति-प्रथा, एक विवाह-प्रथा

monogram मॉन-ग्रैम *n* दो या अधिक अक्षरों (वि० व्यक्ति के नाम के आद्याक्षरों) के मेल से बना अक्षर, गुम्फिताक्षर, गुंफाक्षर

monograph मॉन-ग्राफ़ *n* & *vt* एक ही पदार्थ या एक तरह के पदार्थों पर लिखा निबंध; *vt* किसी एक पदार्थ पर निबन्ध लिखना

monolith मॉन-लिथ *n* 1 एक ही पत्थर का बड़ा सा खण्ड, बृहत् पाषण, एकाश्म, 2 एक पत्थर का बना स्तम्भ या मूर्ति आदि; बृहत् पाषाण-स्तंभ, 3 महाकायव्यक्ति, बृहदाकार सर्वाङ्गसम एवं कठोर वस्तु; **~ic** 1 एक पत्थर का बना हुआ, एकाश्मी [a ~ic column]; 2 (बृहत् सर्वाङ्गसम एवं) कठोर [a ~ic society, state, etc]

monologue मॉन-लोग *n* 1 एकपात्री नाटक, 2 (नाटक में) एकपात्री अङ्क, 3 बहुत से साथियों के बीच एक व्यक्ति का लंबा भाषण, एकालाप

monomania मॉनो-मेनिअ *n* एक ही बात की धुन या लगन या सनक, एकोन्माद

monomaniac मॉनो-मेनिऐक *n* एकोन्मादी, एक ही धुन वाला व्यक्ति, **~al** *a* एकोन्माद का, एकोन्मादी का, एकोन्मादी-जैसा

monomial मनोमिअल *n* & *a* (*alg*.) एकपद, *a* एकपदी

monoplane मॉन-प्लेन *n* विमान जिसके दोनों तरफ एक-एक ही पंख हो, इकहरे पंखों का विमान, एकल-विमान

monopolist मनों-पलिस्ट *n* (see monopoly) एकाधिकारी, अनन्याधिकारी, इजारेदार

monopolize मनोंप-लाइज़ 1 *vt* (see foll) माल या व्यापार पर एकाधिकार करना, एकाधिपत्य करना, सारा का सारा अपने अधिकार में ले लेना, 2 (*colloq*) to ~ the conversation एक ही व्यक्ति का बात करते जाना, औरों को न बोलने देना

monopoly मनोंपलि *n* किसी माल के व्यापार का अनन्य अधिकार, एकाधिकार, एकाधिपत्य, इजारा, ठेका, 2 वह माल या व्यापार जिस पर किसी का एकाधिकार या एकाधिपत्य हो [In some countries tobacco is a government ~]

monorail मॉन-रेल *n* 1 एक पटरी की लाइन, 2 एक पटरी पर चलने **वाली गाड़ियां,** एक पटरी की रेल

monosyllable मॉन-सिलॅबिक *n* एक स्वर का, एकाच्, एकाक्षरी

monosyllabic मोन-सिल-बल *a* ऐसा शब्द या ऐसी ध्वनि जिसमें (व्यंजनसहित या व्यंजनरहित) एक ही स्वर हो, एकाच् शब्द, एकाक्षर

monotheism मॉन-थीइज़्म *n* एक ईश्वर को मानना, एकेश्वरवाद, **monotheist** मॉन-थीइस्ट *n* एक ईश्वर को मानने वाला, एकेश्वरवादी; **monotheistic** *a* एकेश्वरवाद का, एकेश्वरवादी

monotone मॉन-टोन *n* एक के बाद एक अक्षर को उसी तान में बोलना या गाना, *n* आरोह-अवरोह-रहित ध्वनि, उतार चढ़ाव के बिना स्वर, एकतान

monotonous मनॉट-नस *a* 1 (of sound) आरोह-अवरोह रहित, जिस में उतार-चढ़ाव न हो, एकस्वर, एकतान, 2 जिसमें परिवर्तन या विविधता न हो, एकरस (एकरसता के कारण) उकता देने वाला, अरुचिकर, बे-मज़ा [~ work]; ~**ness, monotony** मनॉटनि *nn* 1 एकस्वरता, 2 एकरसता, अरोचकता

Monroe मन्-रो *n* ~ **doctrine,** ~**ism** संयुक्त राज्य अमरीका की यह नीति कि यूरोपीय राष्ट्रों को लेटिन अमरीका में हस्तक्षेप न करने दिया जाये

monsoon मॉन्सून *n* दक्षिण-एशिया से (वि० हिन्दमहासागर से उठने वाली हवाएं जो वर्षा लाती हैं, बरसाती हवाएं, मौसमी हवाएं, 2 वर्षा ऋतु, बरसात, मानसून

monster मॉन्स्टर *n* 1 टेढ़ा-मेढ़ा पौधा या प्राणी, 2 ऐसा कल्पित पशु जिसका सिर एक जन्तु का, धड़ दूसरे का और टांगें किसी और की हों (*e.g.* griffin, mermaid, sphinx *q.v.*, 3 अति दुष्ट व्यक्ति, राक्षस, दैत्य, दानव, पिशाच, 4 बृहत्काय मनुष्य या पशु, बृहदाकार वस्तु *a* बहुत बड़ा, बृहत्काय, बृहदाकार [a ~ ship]

monstrance मॉन्स्ट्रन्स *n* (गिरजाघर में) सोने-चांदी से सुसज्जित पारदर्शक पात्र जिसमें यूकरिस्ट की पवित्र रोटी रखी जाती है, प्रसाद पात्र

monstrosity मॉन्स्ट्रॉसिटि *n* (f. foll) 1 बीभत्स कर्म, क्रूरता, निर्दयता, 2 भयङ्करता, घोरता, [monstrosity of crime], 3 टेढ़ा-मेढ़ा पौधा या प्राणी

monstrous मॉन्स्ट्रस *n* 1 टेढ़े-मेढ़े आकार का, विकृताकार, 2 राक्षसी, दानवी, पैशाचिक (a ~ crime] 3 बृहदाकार, 4 बिल्कुल बेहूदा, बिल्कुल ग़लत या बेतुका, 5 बहुत ही बुरा, घृणित, बीभत्स, क्रूर, निदर्य, क्रूरता का, निर्दयता का; ~**ness** *n* 1 भयङ्करता, घोरता, बीभत्सता; 2 बेहूदापन, बेतुकापन

montage F मोन्ताश्ज़ *n* 1 सिनेमा-फ़िल्म के विभिन्न अंशों को काट **और** छांट कर क्रम विशेष से जोड़ना जिससे धारावाहिक चित्र बन जाये, फ़िल्म-संग्रथन, संग्रथित चित्र; 2 इसी प्रकार फ़ोटो-चित्रों या अन्य तत्वों को जोड़ना, फ़ोटो-संग्रथन; संग्रथित फ़ोटो आदि

montane मॉन्टेन *a* पहाड़ का, पहाड़ में रहने वाला, पहाड़ी, पर्वतीय

month मन्थ *n* 1 महीना, मास, माह; **lunar** ~ (see lunar), 2 **this day month** आज से एक महीने बाद

monthly मन्थ्लि *a*, *adv*, *n* मासिक, माहवार; *adv* प्रतिमास *n* मासिक पत्रिका, मासिकी; **monthlies** (*n pl*, *arch*) मासिक धर्म, माहवारी

monticule मॉन्टिक्यूल *n* छोटी पहाड़ी, टीला, डूह, 2 (शरीर पर का) उभार

monument मॉन्युमन्ट *n* 1 स्मारक, यादगार, स्मारक-स्तंभ, कीर्ति स्तंभ, स्मारक भवन, 2 अभिलेख, 3 कब्र पर लगा शिलालेख

monumental मॉन्युमॅन्टल *a* 1 स्मारक का काम करने वाला, स्मारक-जैसा, स्मारक, यादगारी [~ pillar] 2 (of literary works) बृहत् और चिर-स्थायी, 3 बहुत बड़ा, बहुत अधिक, ~ achievement महान् उपलब्धि, ~ ignorance घोर अज्ञानता

monumentalize मॉन्युमॅन्टलाइज़ *vt* याद बनाये रखना, यादगार मनाना, स्मारक बनाना

mooch मूच *vi* & *t* (*sl*) 1 to ~ about आवारा फिरना, आवारागर्दी करना, 2 *vt* चुराना

mood^{1} मूड *n* 1 मनोदशा, मनःस्थिति, चित्तवृत्ति, तबीयत, मिज़ाज **to be in the mood, in no mood, for sth, to do sth** कोई काम करने की तबीयत होना, तबीयत न होना, **to be in a good mood** प्रसन्न-चित्त या प्रफुल्लचित्त होना, **to be in a bad mood** मिज़ाज बिगड़ा हुआ होना, रुष्ट होना, 2 (in *pl*) **a man of moods** चचलचित्त या चञ्चलवृत्ति आदमी

mystery मिस्‌ट्रि *n* 1 रहस्य, भेद, छिपी हुई बात, गूढ़ तत्व, **to make a ~ of sth** किसी बात को महत्त्वपूर्ण रहस्य की भांति छिपाना या गुप्त रखना, 2 समझ में न आने वाली बात, दुर्बोध तत्त्व, पहेली [It is a ~ to me], 3 (ऋषियों, पैगम्बरों को प्राप्त होने वाला) ईश्वरीय ज्ञान, दैवी ज्ञान; 4 (*Gk* & *Rom ant*) गुप्त धार्मिक अनुष्ठान; 5 **mystery (play)** =miracle play (see miracle, 3), 6 ~ **(novel)** उपन्यास जिसमें पाठक से यह बताने को कहा जाता है कि हत्यारा कौन था; रहस्यान्वेषी उपन्यास; ~ **tour** *or* **trip** गन्तव्य स्थान बताये बिना की जाने वाली विनोद-यात्रा, गुप्त यात्रा

mystic मिस्टिक *a* & *n* 1 गोपनीय, गुह्य, गूढ़, रहस्यमय, 2 (of power) अलौकिक, अतिमानुषिक, दैवी, 3 (of rites, formulas) अभिचार का, जादू-टोनेका, तान्त्रिक; *a* & *n* आत्मसमर्पण और समाधि आदि के द्वारा ब्रह्म में लीन होने का इच्छुक (व्यक्ति), योगी, सूफ़ी; **~al** *a* रहस्यात्मक, आध्यात्मिक; रहस्यवाद का, आध्यात्मिक

mysticism मिस्टिसिज़्म 1 (oft *derog*) बात को छिपाने का स्वभाव; 2 रहस्यवाद, सूफ़ी सिद्धान्त, योग

mystification *n* (see foll) चकरा देना या चकरा जाना, रहस्यमय बनाना या बनाया जाना

mystify मिस्टिफ़ाई *vt* 1 चकमा देना, झांसा देना, बहकाना, 2 चकराना, हक्का-बक्का करना, हैरान करना, हतबुद्धि करना, 3 रहस्यपूर्ण बना देना, छिपाना, गुप्त रखना

myth मिथ *n* 1 देवी-देवताओं की कथा, पुराण कथा, देवकथा, मिथक, 2 मनगढ़न्त या कपोलकल्पित कथा, दन्त-कथा, झूठी बात 3 काल्पनिक व्यक्ति या वस्तु जिसका कोई अस्तित्व न हो, अविद्यमान वस्तु

mythic(al) मिथिक(ल) *a* 1 पुराणों में वर्णित, पौराणिक; (किसी जाति की) पुराणकथाओं में वर्णित, [Hercules is a ~ figure]; 2 कल्पित, काल्पनिक, अवास्तविक [~ wealth]

mythologist मिथॉलजिस्ट *n* पुराणवेत्ता, पौराणिक, मिथकविद्

mythology मिथॉलजि *n* 1 देवी-देवताओं की कथाएं, देव-कथाएं, पुराण, पुराणकथाएं, पौराणिक कथाएं, 2 व्यक्ति विशेष से संबंधित दन्तकथाएं, 3 पुराण विद्या, पौराणिक कथाओं का अध्ययन, मिथकशास्त्र, मिथकविद्या

mythomania मिथ-मेनिअ *n* (*psychiatry*) बेहद झूठ बोलना, घोर अनृतभाषण (की प्रवृति), अनृतोन्माद, **mythopoeia** मिथ-पीअ *n* कपोलकल्पना; कपोलकल्पित घटना; **mythopoeic** मिथ-पीइक *a* कपोलकल्पनात्मक; मिथक-जनक

mythus माइथस *n* (*arch*) = myth

myxoedema मिक्सि-डीम: *n* गलग्रन्थि (thyroid gland) की क्रिया की कमी के कारण होने वाला रोग (जिसमें शारीरिक एवं मानसिक शक्ति मन्द हो जाती है)

N

N, n ऍन, अंग्रेज़ी वर्णमाला का चौदहवां वर्ण; *math* अनिर्दिष्ट संख्या (जो कोई भी हो सकती है); **to the nth (power)** किसी भी घात तक, अभीष्ट घात तक, *fig* किसी भी हद या सीमा तक, बेहद, असीम: *abbrs:* N.A.S.A. नैस: (National Aeronautics and Space Administration) अमरीका का वैमानिकी तथा अन्तरिक्ष संस्थान; **N.A.T.O.**, **Nato** (North Atlantic Treaty Organization including U.S.A., Britain, France, Italy, West Germany, Benelux, etc) उत्तर अतलांतिक संधि संगठन *cf* Warsaw Pact); **N.B** (=Nota Bene *L*) ध्यान से देखिए, अच्छी तरह नोट कीजिए; N.C.O. (non-commissioned officer) एन.सी.ओ.

nab नैब *vt* (-bb-), (*sl*) (अपराध करते हुए को) पकड़ना, गिरफ़्तार करना [The police nabbed the gang]; to get nabbed रंगे हाथों पकड़ा जाना

nabob *n* 1 *hist* (मुग़ल-काल का) नवाब, 2 *arch* धनी और विलासप्रिय आदमी (वि० जो भारत से अमीर बन कर विलायत लौटा हो)

nacarat नैक्-रैंट *n* नारंगी आभा वाला चमकीला लाल रंग, जोगिया रंग

nacelle नैसॅल *n* विमान के इंजन का आवरण या खोल

nacre नेकर *n* 1 कान का ऊपरी चौड़ा भाग, 2 एक प्रकार की सीप या घोंघा; **nacreous, nacrous** *aa* मोती की तरह चमकता हुआ, मुक्ताभ

nadir नेडिअर *n* 1 *astron* आकाश-मंडल का वह स्थान या बिन्दु जो द्रष्टा के ठीक नीचे हो, पाद-बिन्दु (opp. zenith), 2 (transf.) (i) नीचे से नीचा स्थान, पाताल, अधोबिन्दु, निम्नतम बिन्दु, (ii) (पतन की) पराकाष्ठा, (गिरावट की) हद, घोर निराशा [at the ~ of one's hopes]

nag^1 नैग *n* छोटा घोड़ा, टट्टू

nag^2 *vi & t* (-gg-) 1 (किसी के) नुक्स निकालते रहना, (किसी को) झिड़कते रहना [to be always nagging at s.o.]; 2 *vt* (किसी को) तंग करना, परेशान करना, जान खाना

nagging *a* 1 (of person) झिड़कने वाला, घुड़कने वाला, झगड़ा करने वाला, कलहप्रिय, परेशान करने वाला, जान खाने वाला [a ~ wife], 2 (of pain) लगातार परेशान करने वाला

naiad नाइऐड *n* (*pl* ~s *or* ~es) जलपरी, जलदेवी

nail^1 नेल *n* 1 नाख़ून, नख, 2 कील, मेख़, **to hit the (right) nail on the head** पते की बात कहना, ठीक सुझाव देना, ठीक काम करना (also see hit *vb*); **to drive a nail into s.o.'s coffin** किसी का अन्त या मृत्यु निकट लाना, 3 **to pay on the nail** तुरन्त अदायगी या भुगतान करना

nail^2 *vt* 1 कील जड़ना, कीलों से जड़ना, कील ठोंकना, कील लगाना [to ~ the shoes, a door, etc], 2 स्थिर रखना, जमाये रखना [to ~ s.o.'s attention], 3 **to nail a lie to the counter** *or* **to the barn door** (किसी कथन की) असत्यता प्रमाणित कर देना, पोल खोल देना, 4 **to nail**

one's colours to the mast अपना निश्चय घोषित करना और उस पर जमे रहना, डटे रहना, 5 **to ~ s.o. down** (to sth) किसी से साफ़-साफ़ कहलवा लेना कि वह अमुक काम करेगा; किसी को वचनबद्ध कर लेना [I ~ed him down to his promise]; **~er** *n* कील बनाने वाला

nainsook *n* महीन सूती कपड़ा (जो पहले-पहल भारत में बना था), नैन सुख [f. Hindi नयनसुख]

naïve ना-ईव *a* 1 निष्कपट, निश्छल, सरल-स्वभाव, 2 बहुत सीधा-सादा, भोला-भाला [a ~ person]; **~ly** *adv* भोलेपन से

naïveté ना-ईव्टे, **naivety** नेव-टि *nn* सरल स्वभाव, भोलापन

naked नेकिड *a* 1 नंगा, नग्न, वस्त्रहीन, 2 (of land) वनस्पतिरहित, वृक्षरहित, बंजर, ऊसर, (of tree) जिसके सब पत्ते झड़ गये हों, पत्रहीन, निष्पत्र, 3 (of room) बिना फ़र्नीचर का, ख़ाली, (of *wall*) बिना चित्र या सजावट की, नंगी, 4 केवल, निरा, शुद्ध, **naked fact** *or* **truth** शुद्ध सत्य, नग्न सत्य, **naked eye** केवल आंख, बिना चश्मा लगाये; दूरबीन (की सहायता) के बिना, 5 **~ sword** नंगी तलवार; ~ness *n* नग्नता, नंगापन

namby-pamby नैम्बि-पैम्बि *a* & *n* 1 (of style) नीरस, फीका, बेमजा, 2 (of person) भावुकता का दिखावा करने वाला, किंचित् भावुक, *n* दिखावे की भावुकता व्यक्त करने वाली बातचीत

name^{1} नेम *n* 1 नाम, संज्ञा, अभिधान, (i) **to go by the name of...** अमुक नाम होना, (ii) **to put one's ~ down for** किसी पद के लिए उम्मीदवार होना, (स्कूल आदि में भरती होने के लिये) अपना नाम देना, आवेदनपत्र देना, (iii) **to call s.o. names** किसी को गालियां देना (*e.g.* 'you are a cheat, liar, coward, etc.), (iv) **in the ~ of** (*a*) किसी के नाम पर, किसी की ओर से, किसी के प्रतिनिधि की हैसियत से; (*b*) किसी को साक्षी कर के, किसी की दुहाई देते हुए या देकर [in the ~ of God, justice, etc], (v) A king in ~ only नाम का राजा, 2 नाम, यश, कीर्ति, ख्याति, **to make a name for oneself; to win oneself a name** नाम पाना या कमाना, यश या कीर्ति पाना, 3 (यशस्वी) व्यक्ति, (बड़ा) आदमी [Gandhiji himself and many great names were there], 4 *comb:* **~-calling** गाली-गलौज, **~-child** बच्चा जिसका नाम किसी व्यक्ति के नाम पर रखा गया हो [He is my, his, etc. ~-child]; **~-plate** नामपट; **namesake** समान नाम वाला, हमनाम, नामराशि, He is my namesake वह मेरा नामराशि है

name^{2} *vt* 1 नाम रखना, नामकरण करना, to ~ s.o. after s.o. किसी के नाम पर किसी का नाम रखना, 2 to name s.o. to an office किसी को किसी पद पर नियुक्त करना, पद के लिए नामज़द करना, मनोनीत करना, 3 (i) नाम बताना, नाम लेना, (ii) (*Parl., of Speaker*) (अवज्ञाकारी सदस्य का) नाम लेना, नाम-उच्चारण करना, नाम लेकर उसे अवज्ञाकारी बताना, 4 (उदाहरण) देना, (उदाहरण) प्रस्तुत करना, 5 नियत करना [to name the day, hour, etc.]

nameless *a* 1 नामरहित, अज्ञातनामा, गुमनाम, 2 जिसे कोई जानता न हो, अज्ञात, अप्रसिद्ध, 3 जिसे अभिव्यक्त न किया जा सके, अनिर्वचनीय [a ~ longing, fear, etc]; जिसका नाम लेना ठीक न हो, बहुत ख़राब [~ vices]

namely *adv* अर्थात्, यथा, यानी

nankeen नैन्कीन *n* 1 एक प्रकार का सूती कपड़ा, 2 (in *pl*) (इस कपड़े की) पतलून

nanny नैनि *n* 1 **nanny(-goat)** बकरी (cf. billy-goat), 2 (बच्चे की) धाय, दाई

nap^{1} नैप *n* & *vi* (-pp-) (वि० दिन में) हल्की सी नींद, झपकी [**to take, have, a ~**]; *vi* थोड़ी देर सोना, झपकी लेना, ऊंघना; **to catch s.o. napping** (i) किसी को सोता पाना, (ii) किसी को ग़लती या गफ़लत करते हुए पकड़ लेना, (iii) किसी को अचानक जा पकड़ना

nap^{2} *n* & *vt* (-pp-) (मख़मल आदि) कपड़े पर का उभरा हुआ समतल रोआं [cloth with raised ~], 2 रोएंदार सतह, *vt* (कपड़े पर) रोआं बनाना, रोएंदार सतह बनाना

nap^{3} *n* 1 ताश का एक खेल, **nap hand** (*fig*) ऐसा दांव जिसमें (हार की तनिक संभावना रहते हुए भी) जीत की बहुत आशा हो, 2 **to go nap** बहुत बड़ा दांव लगाना, दांव पर सर्वस्व लगा देना, **to go nap on a horse** एक घोड़े पर अपना सर्वस्व लगा देना

napalm नेपाम *n* & *vt* नेफ़्थलीन (naphthalene) और नरियल के तेल से बना अत्यन्त ज्वलनशील पदार्थ, नेपाम [~ bomb]; *vt* नेपाम बम गिराना [to ~ a city etc]

nape नेप *n* **the ~ of the neck** गरदन का पिछला भाग, कन्धरा

napery नेपरि *n* मेज़पोश, हाथ पोंछने के रूमाल या तौलिये आदि

naptha नैफ़्थ: *n* पत्थर के कोयले, स्लेटी पत्थर आदि को तपाने से प्राप्त होने वाला ज्वलनशील तेल, नैफ़्था

napthalene नैफ़्थलीन *n* तारकोल से प्राप्त होने वाला सफ़ेद दानेदार फ़िनायल जैसा रोगाणुनाशक पदार्थ, नैफ़्थलीन

napkin नैप्किन *n* 1 (also table-~) खाना खाते समय हाथ या मुह पोंछने का वर्गाकार रूमाल, छोटा तौलिया, 2 (of infant) पोतड़ा, लंगोट

napoleon नपोलिअन *n* ताश का एक खेल= nap^{3}

Napoleonic *a* नपोलियन बोनापार्ट (1769–

1821)) का-सा; उसके वंशमा

narcissism नार्सि-सिज़म *n* (*psych*) अपने सौन्दर्य आदि गुणों पर मोहित होने का स्वभाव, आत्ममोह, आत्मरति

narcissus नार्-सिसस *n* (*pl.*— **ssuses, —ssi**) नरगिस

narcosis नार्कोसिस *n* (*pl*-**ses**) निद्रा या बेहोशी लाने वाली दवा का असर, मूर्च्छा, बेहोशी, (शरीर के अंग का) सुन्न होना या सोना

narcotic नार्कोटिक *a* & *n* 1 निद्रा या बेहोशी या संवेदनहीनता लाने वाला, स्वापक, निद्रावह; मूर्च्छाकारी, सुन्न करने वाला, संवेदनहर, संवेदनमन्दक, 2 निद्रा या बेहोशी का, सुन्न करने का, *n* स्वापक (औषध), सुन्न करने वाली औषध

narcotize नार्कटाइज़ *vt* नींद या बेहोशी लाना, बेहोश करना; (शरीर के अंग को) सुन्न करना

nard नार्ड *n* 1 एक वनस्पति की सुगंधित जड़, जटामांसी, बालछड़, 2 इससे बनने वाला लेप या मरहम

narghile नार्गिलि *n* (नारियल की खोपड़ी का बना) हुक्का

narrate नरेट *vt* वर्णन करना, बयान करना, वृत्तान्त कहना, आख्यान करना, विवरण देना; बताना, सुनाना

narration नरेशन *n* 1 वर्णन (करना), विवरण (देना), बयान, वृत्तान्त, आख्यान, कथा, कहानी, किस्सा

narrative नैरटिव *n* & *a* कथा, कहानी, किस्सा, वर्णन, विवरण, आख्यान, *a* वर्णनात्मक, आख्यानात्मक, कथात्मक

narrator नरेटर *n* विवरण देने वाला, विवरणकार, वर्णन-कर्ता; ; वाचक, कहानी कहने या सुनाना वाला

narrow^{1} नैरो *a* & *n* 1 तंग, सँकरा [~passage], ~ **gauge** (see **gauge**^{1})]; संकुचित, in the narrowest sense अति संकुचित अर्थ में, 2 छोटा, कम, थोड़ा, अल्प [a ~ majority], 3 संकीर्णहृदय, अनुदार, संकीर्ण, संकुचित [~ outlook], 4 एक-एक बात का ध्यान रख कर या बारीकी से किया हुआ, सूक्ष्म [a ~ examination], 5 **narrow circumstances** तंगी, ग़रीबी, दरिद्रता, 6 **to have a ~ escape** बाल-बाल बचना, 7 ~ goods (बालों के साथ गूँथने का) फ़ीता आदि; *n* (usu in *pl*) **narrows** गली, दर्रे, नदी, जलडमरूमध्य आदि का तंग भाग; 8 *comb*: **~-minded** संकीर्णहृदय, तंगदिल, अनुदार; **~-mindedness** अनुदारता, संकीर्ण मनोवृत्ति, तंगदिली; **narrowness** *n* 1 सँकरापन, संकीर्णता, 2 अल्पता, 3 अनुदारता

narrow^{2} *vt* & *i* 1 तंग या संकरा करना या होना, छोटा करना या होना, परिमित करना या होना, सिकोड़ना, सिकुड़ना, 2 *vt* अनुदार या संकुचित बनाना

narwhal नार्वल *n* उत्तरी हिम-सागर में पाया जाने वाला ह्वेल-जाति का जन्तु, एक प्रकार की ह्वेल मछली, नारह्वेल

nasal नेज़ल *a* & *n* 1 नाक या नासा या नासिका का, नास्य, नासिक्य, 2 (of letters) अनुनासिक, 3 (of voice) अनुस्वारयुक्त, अनुनासिकयुक्त, सानुस्वार, सानुनासिक, *n* अनुनासिक वर्ण; **~ity** नज़ैलिटि *n* अनुनासिकता; **~ize** नेज़लाइज़ *vt* अनुनासिक बनाना, अनुस्वार लगाना, नाक से बोलना

nascency नैसन्सि *n* नवजात अवस्था

nascent नैसन्ट *a* 1 जायमान, उद्भूयमान, नवजात, नवोद्भूत [~ hydrogen, industry, etc] 2 कच्चा, तरुण, अप्रौढ़

nasturtium नस्टर्शम *n* 1 शोख़ नारंगी रंग के फूलों वाला धरती पर फैलने वाला पौधा, 2 इसका फूल

nasty नास्टि *a* 1 बहुत गंदा, मैला, मलिन, कलुषित, दूषित; अश्लील [a ~ story], 2 दुर्गन्धयुक्त, बदबूदार, बुरे स्वाद वाला, बदमज़ा, 3 परेशान करने वाला, कष्टकर, अप्रिय, खराब [a ~ bit *or* piece of work], 4 (of weather) आंधी-पानी वाला, ख़राब, 5 (of blow etc) भयङ्कर, करारा, सख़्त, कड़ा; **That's a nasty one !** भयङ्कर आघात् है ! बड़ी करारी चोट है ! बड़ा टेढ़ा प्रश्न है ! 6 (of person) दुष्ट, शरारती, पाजी, बदमिज़ाज

natal नेटल *a* जन्म का, जन्म से विद्यमान, जन्मजात, पैदाइशी

natality नटैलिटि *n* जन्म-दर

natation नटेशन *n* तैरना, पैरना, तैराई

natatorial नेट-टॉरिअल, **natatory** नेट-टरि *aa* 1 तैरने वाला, तरणशील, तैरने या पैरने का, तैराई का; **natatorium** नेट-टॉरिअम *n* (वि० इमारत के अन्दर बना) तैरने का तालाब, तरण-ताल

nation नेशन *n* 1 राष्ट्र, कौम, 2 देश के लोग, जनता, 3 **most favoured ~ treatment** (see most); **~wide** देशव्यापी; **~hood** राष्ट्रत्व

national नैश्नल *a* & *n* 1 राष्ट्र का, राष्ट्रीय, कौमी, सारे देश का [Railwaymen have called a ~ strike], 2 **~ anthem** (see anthem); **~ debt** (see debt); **~ grid** देश के मुख्य बिजलीघरों को जोड़ने वाली विद्युत-लाइनों का जाल, राष्ट्रीय ग्रिड़ा*n* राष्ट्रिक, नागरिक; स्वदेशवासी

nationalism नैश्नलिज़म *n* 1 देशसेवा, देशभक्ति, राष्ट्रीयता, 2 राष्ट्रीय स्वतन्त्रता की भावना या नीति, राष्ट्रवाद

nationalist नैश्नलिस्ट*n* देशभक्त, देश की स्वतन्त्रता का समर्थक, राष्ट्रवादी; **~ic** *a* राष्ट्रवाद-समर्थक, राष्ट्रवादी [a ~ic movement]

nationality नैश्नैलिटि *n* किसी देश या राष्ट्र का (नागरिक) होना, राष्ट्रिकता, राष्ट्रीयता, **What is his ~ ?** वह किस देशका (नागरिक) है ?, 2 देश, राष्ट्र [men of all nationalities]; 3 राष्ट्रीय सत्ता, 4 देशसेवा की भावना, देशभक्ति

nationalization *n* राष्ट्रीयकरण, राष्ट्रीकरण, (भूमि, रेल, उद्योग, बैंक) आदि का) सरकार के अधिकार में लिया जाना

nationalize नैश्नलाइज़ *vt* 1 सरकारी अधिकार में लेना, राष्ट्रीयकरण करना, राष्ट्रीकरण करना; 2 देश का नागरिक बनाना, राष्ट्रिक बनाना [to ~ a foreigner], **~d** *a* राष्ट्रीकृत, सरकार के अधिकार में लिया हुआ [~d banks etc]

native^1 नेटिव *n* 1 अमुक नगर या देश का रहने वाला व्यक्ति [a ~ of Delhi, India, etc], देशवासी, आदिवासी, 2 (अमुक देश में) बसा हुआ, अधिवासी, 3 अमुक देश में होने वाला पौधा या जन्तु या अन्य पदार्थ [The tiger is a ~ of India]

native^2 *a* 1 (of qualities) जन्मजात, सहज, सहजात, स्वाभाविक, प्राकृतिक, नैसर्गिक [~ to s.o.], 2 जन्म का, **native land** *or* **place** जन्मभूमि; पैदाइशी, जन्मसिद्ध, 3 देश में पैदा होने वाला, देश का, देशज, देसी, स्वदेशी [The tiger is ~ to India], 4 आदिम, आदिवासी, मूलनिवासी; मूलनिवासियों का

nativity न-टिविटि *n* 1 जन्म, पैदाइश, 2 ईसा या मरियम या जान बैप्टिस्ट का जन्म या जन्मोत्सव; ईसा के जन्म का चित्र, 3 *astrol* जन्मपत्री, जन्मकुण्डली; to cast s.o.'s ~ जन्मकुण्डली बनाना

natty नैटि *a* 1 साफ़-सुथरा [~ uniform]; बना-ठना, 2 सफ़ाई से काम करने वाला, सुघड़, सिद्धहस्त, चतुर, होशियार; **nattily** *adv* चतुराई से

natural नैचरल *a* & *n* 1 प्रकृति का, कुदरत का, प्राकृतिक, कुदरती; **natural law** (आचरण का) स्वभाविक या प्राकृतिक नियम; **natural history** (i) प्राणिजगत् का विवरण, प्राणिशास्त्र, (ii) स्थान-विशेष के प्राणियों, वनस्पतियों आदि का वर्णन, प्रकृतिविज्ञान, 2 स्वाभाविक, प्राकृतिक, नैसर्गिक, सहज, सहजात [~ gift, goodness]; जो किसी के लिए सरल हो, It comes ~ to him उसमें इसके लिए स्वाभाविक योग्यता है, यह उसके लिए आसान है; **natural death** स्वाभाविक (अर्थात् जरा या व्याधि के कारण, न कि दुर्घटना या विष आदि से होने वाली) मृत्यु, 3 भौतिक (न कि आध्यात्मिक या मानसिक या कल्पनात्मक), वास्तविक [the ~ world], 4 हरामी, जारज [~ son, child, brother, etc.], 5 जिसमें बनावटीपन न हो, अकृत्रिम, स्वाभाविक, *n* 1 जन्मजात मूर्ख, बुद्धू; 2 किसी के लिए स्वभावत: उपयुक्त या आसान काम [a ~ for s.o.]; **~ly** *adv* स्वभावत:; बेशक, निस्सन्देह, हां

naturalism नैच्रलिज़म *n* 1 प्रकृतिवाद, 2 अलौकिक घटनाओं या चमत्कारों में अविश्वास 3 कला और साहित्य में प्रकृति का अनुकरण, प्रकृतिचित्रण, 4 परम्परा में अनास्था, अरूढ़िवाद

naturalist नैच्रलिस्ट *n* 1 प्रकृतिवादी, 2 प्राणियों या वनस्पतियों का अध्ययन करने वाला, प्राणिशास्त्री, वनस्पतिशास्त्री, प्रकृति-वैज्ञानिक

naturalistic नैच्रलिस्टिक *a* 1 प्रकृतिवाद का, प्रकृतिवाद पर आधारित, प्रकृतिवादी, 2 प्राणिशास्त्र का, प्राणिशास्त्र-संबंधी

naturalization *n* (see foll) नागरिकता-प्रदान; नागरिकता-प्राप्ति

naturalize नैच्रलाइज़ *vt* (विदेशी को) नागरिक या राष्ट्रिक बनाना, नागरिक अधिकार देना, 2 (विदेशी शब्द या रिवाज) अपनाना, ग्रहण करना, 3 (प्राणी या वनस्पति को) नये जल-वायु का अभ्यस्त बनाना, नये जल-वायु में रहने का अभ्यास डालना, नये जल-वायु में पनपने योग्य बनाना, देशीयकरण करना

naturalized *a* (विदेश में) नागरिकता-प्राप्त, to become a ~ Indian भारतीय नागरिकता प्राप्त करना

nature नेचर *n* 1 प्रकृति, कुदरत [all nature looks gay in spring], **to draw from nature** प्राकृतिक दृश्य का चित्र बनाना, 2 भौतिक जगत्, सृष्टि, 3 (of person etc) प्रकृति, स्वभाव, मिज़ाज; **human ~** मानव-स्वभाव, मानव-प्रकृति, **animal ~** पाशविक प्रवृत्ति, प्राणिमात्र की प्रवृत्ति, 4 अमुक स्वभाव का व्यक्ति [Sanguine natures do not feel this], 5 (of thing) (i) मूल गुण, स्वाभाविक गुण, (ii) ढंग, तरह, प्रकार, विधा; things of this nature इस तरह की चीज़ें; **in, by, from, the (very) nature of things** ऐसी अवस्था या स्थिति में; **in, by, from, the very nature of the case** मामले की विधा को देखते हुए, वस्तु-स्थिति को देखते हुए, 6 (मनुष्य की) असभ्य अवस्था, जंगलीपन, (पशु-पक्षियों की) पालतू न होने की अवस्था, वन्य अवस्था; 7 **state of ~** (i) असभ्य अवस्था, (ii) प्राणियों, पौधों, खनिज पदार्थों की प्राकृतिक अवस्था, (iii) नग्न-अवस्था; **~ cure**=naturopathy

naturism नेचरिज़म *n* 1 प्रकृतिवाद, 2 प्रकृति-पूजा, 3 बिल्कुल नग्न रहने की प्रथा, नग्नवाद

naturopathy नेचरॉपथि *n* आहार, व्यायाम, ताप आदि के द्वारा चिकित्सा करने की पद्धति, प्राकृतिक-चिकित्सा(-पद्धति)

naught नॉट *n* (*arch*) कुछ नहीं, अभाव; **to come to naught** (*or* **nought**) निष्फल या विफल होना, व्यर्थ होना, अकारथ जाना; **to set at naught** (*or* **nought**) परवाह न करना, न मानना, अवहेलना करना, 2 (*arith*) शून्य, सिफ़र

naughtiness *n* ज़िद्दीपन, शरारतीपन, पाजीपन

naughty नॉटि *a* 1 (of child or colloq of person) ज़िद्दी, हठी, शरारती, उपद्रवी, नटखट, दुष्ट, पाजी, 2 (of story) अश्लील

nausea नॉसिअ, नॉशः *n* 1 मतली, मचली, जी मिचलाना [to be overcome by ~], 2 घृणा, घिन

nauseate *vt* & *i* 1 (भोजन में) अरुचि होना [to ~ food]; अरुचि पैदा करना [nauseating food], (व्यक्ति से) घृणा करना [to ~ s.o.], 2 *vi* to ~ at sth किसी बात या काम में अरुचि होना

nauseating *a* 1 जिससे जी मिचलाये, वमनकारी, अरुचिकर [~ food], 2 घृणाजनक, घृण्य, कुत्सित

nauseous नॉसिअस, नॉशस *a* 1 दुर्गन्धयुक्त, बुरे स्वाद वाला, 2 & 3 (=nauseating) 1 & 2

nautch नॉच *n* नाच, ~-girl नाचने वाली, नर्तकी [*f.* Hindi नाच]

nautical नाटिकल *a* 1 नाविकों का, नौचालन का, नौचालन-संबंधी [~ chart], 2 नौसेना संबंधी, नौसैनिक, 3 समुद्री [~ mile (see mile)]

nautilus नॉटिलस् *n* (*pl* ~es, -li) एक प्रकार का घोंघा

naval नेवल *n* 1 जंगी-जहाज़ों का, नौसेना का, नौसेना-संबंधी, नौसैनिक, 2 *comb*: **naval base** समुद्री अड्डा, नौसेना का या नौसैनिक अड्डा, ~ **dockyard** नौसैनिक गोदी; ~ **stores** नौपरिवहन का भण्डार, नौसैनिक भण्डार

nave^{1} नेव *n* पहिये का केन्द्रीय भाग जिसमें धुरा और अरे लगे रहते हैं, पहिये की नाभि, चक्रनाभि, नाभि

nave^{2} *n* (गिरजे का) मध्य भाग, मध्य वीथी

navel नेवल *n* 1 नाभि, 2 केन्द्र, मध्यभाग, 3 ~**-string** नाभिनाल, नाल, नारा

navicular न-विक्यूलर *a* (of shrines and parts of plants or body) नाव के आकार का, नौकाकार, किश्तीनुमा

navigability *n* (see foll) 1 नाव्यता, 2 यात्रा-योग्यता

navigable नैवि-ग-बल *a* 1 (of river, sea, etc) जिसमें नाव या जहाज चल सके या गुज़र सके, नाव्य, नौगम्य, 2 (of ship etc) जो समुद्र-यात्रा के योग्य हो [in ~ condition], 3 (of balloon) जिसका धरती पर से परिचालन किया जा सके, संचाल्य, परिचाल्य

navigate नैविगेट *vi* & *t* 1 नदी या समुद्र की यात्रा करना, 2 *vt* नदी या समुद्र पार करना [to ~ a river or sea], 3 नाव या जहाज या विमान चलाना [to ~ a ship, an aircraft]

navigation नैविगेशन *n* 1 (see prec 3) नौचालन, नौपरिवहन, जहाज़रानी; **aerial** ~ विमान-चालन, 2 नाव-यात्रा, समुद्रयात्रा, विमान-यात्रा; **navigation lights** विमान की बत्तियां (जो उसकी उड़ान की दिशा सूचित करती हैं)

navigator नैविगेटर *n* 1 नौचालक, पोतवाहक, विमानचालक, नाविक, 2 समुद्री खोज करने वाला यात्री

navvy नैवि *n* 1 (नहरों, सड़कों, रेलमार्ग आदि की) खुदाई करने वाला मजदूर, खुदाई-मज़दूर, 2 (also steam ~) खुदाई-मशीन

navy नेवि *n* 1 राष्ट्र के समस्त जंगी जहाज़ तथा उनके चालक आदि, जंगी बेड़ा, 2 नौसेना, 3 नौ-विभाग, 4 **navy blue** *a* & *n* गहरा नीला (रंग)

nawab *n* नवाब (also see nabob)

nay ने *adv* & *n* ऐसा ही नहीं बल्कि, He was surprised, nay, depressed वह हैरान ही नहीं बल्कि निराश हो गया, *n* 1 न, नहीं, नकार, इन्कार [He will not take nay]; 2 नकारात्मक वोट

Nazarene नैज़रीन *n* & *a* (*Bibl hist*) नसरानी; नाज़री वि॰ ईसा (in Jewish or Muslim use) ईसाई

Nazarite *n* नसरानी (see prec)

naze नेज़ *n* पृथ्वी का उभरा हुआ भाग जो दूर तक समुद्र में चला गया हो, अन्तरीप, रास

Nazi नाट्सि, नाज़ि *n* जर्मनी की राष्ट्रीय सोशलिस्ट पार्टी का सदस्य, नाज़ी; (इस पार्टी के नेता हिटलर ने 1933 में जर्मनी की शासन-सत्ता हथिया ली थी)

neap^{1} नीप *a* & *n* ~**(-tide)** चन्द्रमा के पहले और तीसरे सप्ताह के तुरन्त बाद उठने वाली समुद्री लहर, मन्द ज्वार, लघु ज्वार

neap^{2} *vi* & *t* 1 (of tides) हल्का होना, मन्द होना 2 (*of ship*) **to be ~ed** ज्वार मन्द होने (अत: पानी कम होने) के कारण जहाज का रुक जाना

near^{1} निअर *adv* & *prep* 1 पास, निकट, समीप; **far and ~** सर्वत्र; **to come, draw, ~** पास आना; 2 **near at hand, near by** बिल्कुल पास, पास ही, 3 **~ upon** (*arch*) थोड़े ही समय बाद; *prep* 1 Draw the chair near the fire कुर्सी को आग के पास ले आओ; to be near the end समाप्त होने को होना; [The sun is near setting]; 2 (in *comb*) मिलता-जुलता; लगभग [near-hysterical; a near-Communist]

near^{2} *a* 1 पास का, निकट (का), नज़दीकी [a ~ relation], घनिष्ठ [a ~ friend], 2 in the near future निकट भविष्य में, 3 लगभग, **a ~ guess** लगभग ठीक अनुमान, 4 nearest road छोटे से छोटा रास्ता, 5 **near work** आंख को पास ला कर करने का काम, बारीक या महीन काम, 6 ~ resemblance = close resemblance; ~ translation = close translation (see close^{1}, 4), 7 **a near miss** (बम आदि का) निशाना तनिक चूक जाना (पर लक्ष्य को कुछ नुक्सान पहुंचा देना), 8 **It was a near thing** हम (या वे) बाल-बाल बच गये (= it was a close shave), 9 ~**-sighted** = short-sighted

near^{3} *vt* & *i* पास या समीप आना या पहुंचना [we are nearing the goal]

nearly *adv* 1 पास या समीप से, निकटत: [we are ~ related], 2 बारीकी से, सूक्ष्मत: से [Examine it ~], 3 लगभग, करीब-करीब [It is ~ finished]; I nearly fell मैं गिरते-गिरते बचा

nearness *n* 1 (of time, place), समीपता, निकटता, आसन्नता, 2 (of translation) सही होना, हू-बहू होना, यथार्थता, 3 (i) मितव्ययिता, (ii) कृपणता, कंजूसी

neat^{1} नीट *n* (*sing* or *collect* as *pl*; *arch*) गाय, बैल, *collect* गाय-बैल, ढोर, मवेशी, **~herd** चरवाहा, ग्वाला, **~-house** गोशाला

neat^{2} *a* 1 साफ़-सुथरा, निर्मल, स्वच्छ, 2 सुव्यवस्थित, (of room) जहां हर चीज ढंग से या क्रम से या ठिकाने से रखी हो, 3 (of lang., style) संक्षिप्त और स्पष्ट, प्रसादगुणयुक्त, परिष्कृत, सम्मार्जित, सुरुचिपूर्ण, 4 (i) कुशल, चतुर, कार्य-कुशल, मंजा हुआ, (ii) कुशलता या सफ़ाई से किया हुआ, 5 (*comb*) **neat-handed** मंजा हुआ, सफ़ाई से काम करने वाला, कुशल, दक्ष; **~ly** *adv* 1 क्रम से, ढंग से, सुव्यवस्थित ढंग से, 2 कुशलता से, सफ़ाई से, **~ness** *n* 1 सफ़ाई, स्वच्छता, 2 सुव्यवस्था, सुव्यवस्थित ढंग, 3 (of lang., style) प्रसादगुण, परिष्कार

neb^{1} नेॅब *prep* (*poet*) = beneath

neb^{2} नेॅब (Sc.) 1 चोंच, 2 थूथन, नाक

nebula नेॅब्युल: *n* (*pl* ~e or ~s) 1 (in eye) धुंध, जाला, 2 *astron* आकाशगंगा, नीहारिका; **~r** *a* 1 नीहारिका का; **nebular theory** यह सिद्धान्त कि सौर परिवार और तारागण नीहारिका से उत्पन्न हुए हैं; नीहारिका-सिद्धान्त

nebulosity *n* धुंधलापन, अस्पष्टता (see foll)

nebulous नेॅब्युलस *a* 1 *astron* नीहारिका का, नीहारिका-जैसा, नीहारिकाभ, 2 धुंधला, अस्पष्ट, जिसका कोई निश्चित रूप या आकार न हो, आकारहीन, 3 गंदला, मैला

necessarian नेॅसि-सेॅअरिअन *n* & *a*=necessitarian

necessarily नेॅसि-सेॅरिलि *adv* आवश्यक रूप से, अनिवार्य रूप से, अनिवार्यतः

necessary नेॅस-सरि, नेॅसि-सरि, नेॅसस्रि *a* & *n* आवश्यक, ज़रूरी, अनिवार्य, अवश्यंभावी, **necessary evil** अनिवार्य या आवश्यक बुराई; *n* (in *pl*) 1 जीवन के लिए आवश्यक वस्तुएं, ज़रूरतें [the necessaries of life], 2 **the necessary** (*sl*) उद्देश्य-प्राप्ति के लिए (i) जो भी करना आवश्यक हो [to do the ~], (ii) आवश्यक धन [to find the ~]

necessitarian निसेॅसि-टेॅअ-रिअन & *a* नियतिवादी, भाग्यवादी; **~ism** नियतत्ववाद, नियतिवाद, भाग्यवाद (see determinism)

necessitate नि-सेॅसिटेट *vt* आवश्यक या ज़रूरी बनाना, अनिवार्य करना

necessitous नि-सेॅसिटस *a* निर्धन, ग़रीब, ज़रूरतमन्द

necessity नि-सेॅसिटि *n* 1 आवश्यकता, ज़रूरत, **in case of ~** ज़रूरत पड़ने पर; **Necessity is the mother of invention** (see mother^{1}, 1), 2 अनिवार्यता, अवश्यंभाविता, विवशता, मजबूरी, लाचारी, **of necessity** अनिवार्य रूप, अनिवार्यतः, विवश होकर; **to make a virtue of necessity** (i) मजबूरी का काम करते हुए यह जताना कि कर्तव्य-भावना से कर रहे हैं, (ii) खुशी से काम करना; **N~ knows no law** मजबूरी से किया हुआ अपराध अपराध नहीं माना जाता, 3 आवश्यक वस्तु, आवश्यकता, ज़रूरत, the necessities of life जीवन की ज़रूरतें (*i.e.* रोटी, कपड़ा और मकान), 4 (in *sing* or *pl*)) अभाव, तंगी, दरिद्रता

neck नेॅक *n* & *v* 1 गर्दन, गला, ग्रीवा, (i) **to break one's ~** गर्दन की हड्डी टूटना, गर्दन टूटने से मरना, (ii) (*colloq*) to break the ~ of a task काम का कठिनतम भाग निपटा लेना, (iii) **to save one's ~** फांसी से बचना, अपनी जान बचाना, (iv) (*sl*)) **to get it in the neck** कठोर दण्ड पाना, कड़ी सजा पाना, जान से हाथ धोना, (v) **(It is) neck or nothing** जी तोड़ कोशिश करनी है, इधर होगा या उधर, इस पार या उस पार, तख़्त होगा या तख़्ता; (vi) **neck and neck** (दौड़ में) बराबर-बराबर, बिल्कुल साथ-साथ, (vii) **~ and crop** पूरी तरह, सर्वथा, सारे का सारा, शरीर से उठा कर, बोरिया-बधना सहित [I'll throw him out ~ and crop], 2 बोतल या सुराही आदि की गर्दन, 3 मार्ग या नहर आदि का संकरा भाग; दर्रा, 4 *archit* स्तंभशीर्ष का निचला भाग, 5 *comb*: **~tie** नकटाई

neckerchief नेॅकर्चिफ़ *n* गले का रूमाल, गुलूबन्द

necklace नेॅक्लिस *n* गले का हार, कंठहार, कंठा

necklet नेॅक्लिट *n* 1 गले का आभूषण, कण्ठाभूषण, कण्ठा, 2 (गले को सर्दी आदि से बचाने के लिए) समूर का कालर

necrology नेॅक्रॉॅल-जि *n* 1 मृतकों की सूची, मृतक-सूची, 2 (समाचारपत्र में) मृत्यु-सूचना, मृत्यु-समाचार

necromancer नेॅक्रमैन्सर *n* (see foll) प्रेतविद्या जानने वाला, जादूगर, ओझा, अभिचारक

necromancy नैक्रमैन्सि *n* भूत-प्रेत का आह्वान करके भविष्यवाणी करना, प्रेतविद्या, भूतविद्या, प्रेत-सिद्धि, जादू, मन्तर-जन्तर, अभिचार

necropolis नेॅ-क्रॉॅप-लिस *n* (वि० प्राचीन) कब्रिस्तान

necrosis नेॅक्रोसिस *n* (*path*) ऊतक या ऊति का गलन, ऊतिगलन, हड्डियों का परिगलन; **necrotize** नेॅक्रटाइज *vi* (ऊतियों या हड्डियों का) गलना

nectar नेॅक्टर *n* (*Gk & Rom myth*) 1 देवताओं का पेय, अमृत, सुधा, पीयूष, 2 कोई मधुर पेय, 3 पुष्परस या मकरन्द जिससे मधुमक्खियां शहद बनाती हैं; **~ean** नेक्टेॅअरिअन, **~eous** नेॅक्टेॅअ-रिअस *aa* अमृतमय, सुधामय, अमृतवत्, अतिमधुर

nectarine नेॅक्टरिन *n* शफ़तालू

nectary ने॑क्टरि *n* पुष्प अथवा पौधे का वह भाग जिससे मधुर रस निकलता है, मकरन्दकोष

née F ने *a* जिसका कुंआरपन का (अमुक) नाम है, जन्म नाम [*e.g.* Mrs. Smith, née Jones]

need^{1} नीड *n* 1 आवश्यकता, जरूरत [If ~ be; there is no ~ to do, of doing (sth)]; **to have ~** to do sth [I have no ~ to speak]; **to have ~, to stand in ~, to be in ~, of sth** किसी वस्तु की जरूरत होना, **need-based wage** आवश्यकतानुसार मजदूरी; 2 संकट, मुसीबत, कठिनाई, दुःख, आड़ा वक्त, *Prov*: **A friend in need is a friend indeed** मित्र वही है जो आड़े वक्त में काम आये, 3 निर्धनता, गरीबी, तंगी, 4 (in *pl*) **needs** जरूरत की चीजें, आवश्यकताएं [An ascetic's ~s are few]

need^{2} *vt* 1 (*3rd pers. sing. present*: **needs**) आवश्यक या जरूरी होना; आवश्यकता या ज़रूरत होना [He ~s my help; it ~s to be done]: 2 (*aux* : *3rd pers, sing. present neg* or *interrog* without *to*: **need**) [Need he go ? He ~ not go *or* needn't go ; I ~ not go, I ~ hardly tell you that...]; 3 *impers* [It ~ed the horrors of war to open our eyes]

needful *a* 1 आवश्यक, जरूरी [~ to, for, or *abs*], 2 **the needful** (i) जो भी करना जरूरी या उचित हो, (ii) (*sl*) आवश्यक धन [to supply the ~]

needle नीडल *n* 1 सुई, सूई, सुआ, सूआ, **needle in a haystack** चीज़ों के ढेर में कहीं छिपी छोटी-सी चीज जिसे ढूंढ निकालना असम्भव हो; **to look for a ~ in a haystack** ढूंढने की बेकार कोशिश करना ; **sharp as a ~** (i) सूई की तरह नुकीला या तेज़, (ii) कुशाग्रबुद्धि, सूक्ष्मदर्शी; **needle's eye** सूई का नाका या छिद्र, 2 सलाई, शलाका [knitting-needle, darning-~], 3 सूची, सूचिका, सूई [~ of compass etc], 4 कोई नुकीली चीज़, नुकीली चोटी आदि, 5 (चीड़, देवदार आदि की) पत्ती, 6 *comb*: **~woman** सिलाई, कढ़ाई आदि करने वाली स्त्री; **~work** सिलाई, सीना-पिरोना, कढ़ाई, कसीदा

needle^{2} *vt* 1 सीना, पिरोना, 2 सुई चुभोना, 3 **to ~ one's way** (तंग जगह या भीड़ में से) कठिनाई से रास्ता बनाना

needless *a* अनावश्यक; **~ to say** (oft used *parenth.*) कहने या बताने की जरूरत नहीं है [Needless to say, he was very pleased]

needments नीड्मन्ट्स *n pl* आवश्यक वस्तुएं, (विo ऐसी वस्तुएं जो यात्रा में व्यक्ति को अपने साथ ले जानी हों), ज़रूरी सामान

needs नीड्ज़ *adv* (used only with 'must') अवश्य, अनिवार्यतः. **1 He needs must go etc.** उसका जाना बहुत ज़रूरी या अनिवार्य है; **2 He must needs go etc.** (i) in a sarcastic sense = He foolishly insists or insisted on going etc.) गोया उसका जाना बहुत ज़रूरी है या था; (ii) = He needs must go (see 1 above)

needy नीडि *a* निर्धन, ग़रीब, दरिद्र, अभावग्रस्त, मोहताज; **neediness** *n* निर्धनता, ग़रीबी, तंगी

ne'er ने॑अर *adv* 1 *poet* = **never**, 2 **ne'er-do-well** *a* & *n* निकम्मा (आदमी)

nefarious निफ़े॑अ-रिअस *a* 1 दुष्ट, पापी, अधमी, दुराचारी, अन्यायी, 2 दुष्टता का, अन्याय का, पाजीपन का, बदमाशी का, बुरा, निन्दनीय

negate निगेट *vt* 1 रद्द करना, मंसूख़ करना, प्रत्याख्यान करना, खंडन करना, न मानना, 2 अस्तित्व अस्वीकार करना, अभाव का निर्देश करना

negation निगेशन *n* 1 खंडन, प्रत्याख्यान, प्रतिवाद, 2 अस्वीकृति, इन्कार, 3 अभाव, शून्यता, 4 असत् पदार्थ, काल्पनिक वस्तु, शून्य; **~ist** *n* व्यक्ति जो परंपरागत विश्वासों को अस्वीकार कर दे परन्तु उनके स्थान पर अपना कोई मत प्रस्तुत न करे, नास्तिवादी, नेतिवादी

negative^{1} ने॑ग-टिव *a* 1 नकारात्मक, निषेधात्मक, प्रतिषेधात्मक [~ vote, answer], खंडनात्मक [~ criticism], 2 अभावसूचक, अभावात्मक, [The test gave a ~ result], 3 *alg* ऋणात्मक, ऋण-, **~ quantity** (i) ऋणराशि, (ii) (*colloq., joc*) कुछ नहीं, शून्य, 4 *electr* ठंडा, **~ electricity** ऋणविद्युत् 5 *photog* जिसमें मूल पदार्थ के प्रकाश वाले स्थान काले और छाया वाले स्थान सफ़ेद दिखाई देते हैं, नेगेटिव

negative^{2} *n* 1 नकारात्मक कथन या उत्तर, न, नहीं, नकार; **to return a ~** नकार में उत्तर देना, 'ना' करना; **in the ~** नकारात्मक [The answer is in the ~], 3 *alg* ऋणराशि, 4 *photog* नेगेटिव (see prec, 5)

negative^{3} *vt* 1 अस्वीकार करना, रद्द करना, न मानना, विरोध करना [to ~ a proposal, an amendment, etc.], 2 खंडन करना, ग़लत प्रमाणित करना [to ~ a statement, an inference, a hypothesis, etc.], 3 निष्प्रभाव या प्रभावहीन करना, विफल करना

negativism ने॑ग-टिविज़म *n* 1 नेतिवाद, नास्तिवाद, निषेधवृत्ति, निषेधवाद; **negativist** *n* नेतिवादी, नास्तिवादी, निषेधवादी

neglect निग्ले॑क्ट *vt* & *n* 1 (किसी का) उचित सम्मान न करना, अनादर करना, 2 ध्यान न देना, उपेक्षा करना, देखभाल न करना, सुध न लेना [to ~ one's children] 3 न करना, भूल जाना [to ~ to do *or* doing sth], 4 खो देना, गँवाना [to ~ an opportunity]; *n* उपेक्षा, लापरवाही, गफ़लत, प्रमाद, **neglect of duty** कर्तव्य की

उपेक्षा; ~**ed** *a* (of child) उपेक्षित, (of wife) परित्यक्ता; ~**ful** *a* लापरवाह, प्रमादी

négligé, negligee नॆ`ग्लिश्जे *n* ढीली-ढाली पोशाक, अनौपचारिक परिधान या वेश

negligence नॆ`ग्लिजन्स *n* 1 असावधानी, प्रमाद, लापरवाही, ग़फ़लत, 2 **contributory** ~ (दुर्घटना-ग्रस्त) व्यक्ति की अपनी असावधानी (also see contributory)

negligent नॆ`ग्लिजन्ट *a* 1 असावधान, प्रमादी, लापरवाह, उपेक्षाकारी [~ of duty etc.], 2 लापरवाही का, उपेक्षात्मक, ग़फ़लतभरा

negligibility *n* उपेक्षणीयता

negligible नॆ`ग्लिजिबल *a* जिसकी उपेक्षा की जा सके, उपेक्षणीय, बहुत मामूली, अत्यल्प, बहुत थोड़ा, ज़रा-सा, नगण्य [a ~ quantity]

negotiable निगोश-बल *a* 1 (हुंडी आदि) जिसे बेचा या भुनाया जा सके, बेचनीय, विक्रेय, विनिमेय, सकारने लायक, **negotiable instrument** विक्रेय हुंडी, 2 (of fence etc.) जिसे फांदा जा सके, पार करने लायक, (of road) जिसपर आना-जाना संभव या सुगम हो

negotiate निगोशिएट *vi* & *t* 1 (समझौते या संधि के लिए) बातचीत करना [to ~ **with** s.o. **for** peace etc], 2 *vt* to ~ a treaty (बातचीत द्वारा) संधि करना; to ~ an affair मामला तय करना या ठहराना या पक्का करना, to ~ a deal सौदा करना, to ~ a bill etc. हुंडी भुनाना, (हुंडी का) बेचान करना, विनिमय करना, 3 (जंगला, रुकावट आदि) पार करना, फांदना [to ~ a fence, an obstacle etc], (of vehicle) to ~ a corner *or* curve मोड़ से गुज़रना, मोड़ मुड़ना

negotiation निगोशिएशन *n* 1 (संधि करने, हुंडी बेचने आदि के लिए) बातचीत, वार्ता, 2 सौदा

negotiator निगोशिएटरि *n* (संधि आदि की) बातचीत करने वाला, वार्ताकार, मध्यस्थ, बिचौलिया

Negro नीग्रो *n* (fem. Negress) & *a* हब्शी; *a* 1 हब्शी या हब्शियों का, हब्शी जाति का, 2 काला, काले रंग का [negro ant, bat, monkey etc]

negroid नीग्रो`इड *a* & *n* हब्शियों से मिलती-जुलती जाति का (व्यक्ति), हब्शी-सम (व्यक्ति)

neigh ने *vi* & *n* हिनहिनाना, हींसना, *n* हिनहिनाहट, हींस

neighbour नेबर *n* पड़ोसी, प्रतिवेशी पास वाला, पास-पड़ोस वाला, निकट रहने वाला निकटवर्ती

neighbourhood *n* 1 पड़ोस, पास-पड़ोस, प्रतिवेश; पड़ोस के लोग, पड़ोसी, 2 पड़ोसदारी, पड़ोसियों की सी सद्भावना, 3 निकटता, सामीप्य, 4 लगभग या करीब-करीब होना [Something in the ~ of Rs. 100]

neither नाइदर, नीदर *adv*, *a* & *pron* दोनों में से एक भी नहीं, *adv* [neither he nor I know], *a* [Neither accusation, neither of the accusations, is true], *pron* [Neither of them knows]

nelly नॆ`लि *n* एक समुद्री पक्षी

nematode नॆ`म-टॉड *a* & *n* पतला और लम्बा, सूत-जैसा; *n* सूत्रकृमि, गोल कीड़ा

Nemesis नॆ`मि-सिस *n* 1 *Gk myth* पाप का फल देने वाली देवी, 2 **nemesis** पाप का फल, पाप का दण्ड, बुराई का बदला, प्रतिशोध, 3 (पाप के फल-स्वरूप होने वाला) पतन, विनाश

nenuphar नॆॅन्यूफ़ॉर *n* नीले रंग का कमल, नीलोत्पल, नीलोफ़र [f. *Skt* नीलोत्पल]

neo- नीओ (*comb.* form of *Gk* neos = *Skt* नव) नया, नवीन, आधुनिक, बाद का, उत्तरकालीन

neolithic नीअ-लिथिक *a* नवपाषाणकालीन, ~ **age** नव पाषाणयुग

neologian नीअ-लोजिअन *a* & *n* (see foll) 1 धार्मिक सिद्धान्तों की (नवीन) तर्कसंगत व्याख्या करने का (पक्षपाती), 2 नवीन व्याख्या पर आधारित

neologism निऑ`ल-जिज़म, **neology** निऑ`ल-जि *nn* 1 नये शब्दों का गढ़ना या प्रयोग करना, नवशब्द-घटन, नवशब्दरचना, नवशब्दप्रयोग, 2 नया शब्द, 3 धार्मिक सिद्धान्तों की तर्कसंगत व्याख्या करने की प्रवृत्ति, नवीन मत

neomycin नीओ-माइसिन *n* जीवाणुनाशक (antibiotic) तत्त्व-विशेष

neon नीऑ`न *n* गैस-विशेष (जो विद्युत्-धारा के संपर्क से लाल-सी चमक देती है), निऑन [~ tube, lamp etc.]

neophyte नीअ-फ़ाइट *n* 1 धार्मिक संप्रदाय या संघ या मठ में प्रवेश करने वाला नया व्यक्ति, नवदीक्षित व्यक्ति, 2 (R. C.) नया पादरी, 3 नौसिखिया, नौसिखुआ

nephew नॆ`व्यू, नॆ`फ़्यू *n* भतीजा, भांजा

nephology निफ़ॉ`ल-जि *n* मेघविज्ञान [f. *Gk* nephos, *Skt* नभस् cloud]

nephritic निफ़्राइटिक *a* गुर्दे का

nephritis निफ़्राइटिस *n* गुर्दे की सूजन, वृक्कशोथ

ne plus ultra नीप्लस अल्ट्र: (*L. phr* = और आगे नहीं) *n* चरम सीमा, पराकाष्ठा, आख़िरी हद

nepotism नॆ`पटिज़म *n* 1 अधिकारवान् व्यक्ति का अपने संबंधियों को अनुचित लाभ पहुंचाना, अपनों की अनुचित रियायत, बंधुपोषण, स्वजनहिताय का सिद्धान्त, स्वजनहितायवाद, भाई-भतीजावाद

Neptune नॆ`प्ट्यून *n* 1 *Rom myth* समुद्र का देवता, वरुण, 2 *astron* ग्रह-विशेष, नेप्ट्यून

Neptunian नॆ`प्ट्यूनिअन *a* & *n* 1 *geol* जल की क्रिया से बनने वाला, *n* इस सिद्धान्त को मानने वाला कि कई चट्टानें पानी (के परिवर्तन) से बनी हैं

nereid निअरि-इड *n* 1 *myth* जलपरी, 2 *zool* लंबा समुद्री कीड़ा, कनखजूरा आदि

Neronian निरोनिअन *a* रोमन सम्राट् नीरो

(Nero) का, नीरो-जैसा; क्रूर, अत्याचारी, निरंकुश, लंपट

nervate नर्‌वेट *a* (*bot*) (of leaves) रगदार, नसदार, शिरामय

nerve^{1} नर्व *n* 1 *anat* शरीर भर में फैले हुए वे सूक्ष्म तन्तु जिनके द्वारा किसी अंग में होने वाली संवेदना मस्तिष्क तक पहुंचती है, तन्त्रिका; 2 (in *pl*) **nerves** अतिसंवेदनशीलता, *fig* घबराहट; **He does not know what ∼s are** वह कभी घबराता या डरता नहीं है, धैर्य्यवान् है; **a bundle of ∼s** जल्दी घबरा जाने वाला व्यक्ति; **a fit of ∼s** घबराहट; **to get on s.o.'s nerves** किसी को परेशान करना या घबरा देना, **has iron ∼s, ∼s of steel** जल्दी नहीं घबराता या डरता, in *sing* संकट में न घबराना, साहस, धैर्य्य, आत्मविश्वास; **to lose one's ∼** डर या घबरा जाना, साहस या आत्मविश्वास खोना; 3 *bot* पत्ती की रग, (वि० बिचली रग), 4 *arch* (i) स्नायु **to strain every ∼** एड़ी-चोटी का जोर लगाना; (ii) बल, शक्ति, ताकत, ज़ोर [a man of ∼]; 5 **∼-centre** नियन्त्रण (करने) का केन्द्र

nerve^{2} *vt* 1 बल या शक्ति देना, साहस प्रदान करना, **to nerve oneself (to do sth,**to face danger etc.),साहस करना, साहस बटोरना, हिम्मत बांधना

nerveless *a* 1 निर्बल, बेजान, साहसहीन, कायर, 2 (of style) निर्जीव , ओजरहित 3(*anat*, *zool*) तन्त्रिकारहित, , *bot* जिसमें मुख्य रग न हो, बिना रग का, रगरहित; **∼ness** *n* निर्बलता, साहसहीनता, कायरता

nervine नर्‌वाइन *a* & *n* तन्त्रिका-विकार को दूर करने की (औषध), तन्त्रिका-शामक

nervous नर्वस *a* 1 (of person) जल्दी उत्तेजित होने वाला, कमज़ोर दिल का, जल्दी घबराने या डर जाने वाला, घबराया हुआ, डरपोक, डरा हुआ, to get ∼ घबराना, डर जाना, 2 (of style) ओजस्वी, ओजपूर्ण, 3 *anat* **the ∼ system** समस्त तन्त्रिकाएं, तन्त्रिकातन्त्र, 4 तन्त्रिकाओं पर प्रभाव डालने वाला, तंत्रिका-संबंधी; **∼ breakdown** बेहद थकावट या कमजोरी, शिथिलता; **∼ly** *adv* डरते हुए , डरते-डरते; **∼ness** *n* घबराहट, कायरता

nervure नर्‌व्यर *n* (पत्ते की) मुख्य रग; (कीड़े के पंख या बाज़ू की) नस

nervy नर्‌वि *a* 1 चिड़चिड़ा, झुंझलाने वाला, झुंझलाया हुआ, घबराया हुआ, 2(of movement) झटके वाला, डगमगाता हुआ, विषम, 3 (*sl*) धृष्ट, गुस्ताख़ , निडर, दिलेर

nescience नेॅशिअन्स *n* अविद्या, अज्ञान, ज्ञान का अभाव [∼ of sth]

nescient नेॅशिअन्ट *a* & *n* 1 अज्ञ, अनभिज्ञ [∼ of], 2 नास्तिवादी, अज्ञेयवादी (=agnostic *q.v.*)

ness नेॅस *n* रास, अन्तरीप

nest^{1} नेॅस्ट *n* 1 घोंसला, नीड़, खोता, (पशु की) मांद, गुफा, बिल, (कीड़े का) घर, 2 **to foul one's own ∼** अपने घर वालों की बदनामी करना (व्यक्ति का) एकान्त विश्राम-स्थल, आश्रय-स्थान, 3 (डाकुओं आदि का) अड्डा, 4 (एक-जैसी वस्तुओं की) शृंखला, माला, समुदाय, ∼ of drawers कपड़े रखने की छोटी अलमारी, **∼ of tables** एक-दूसरी के नीचे आ सकने वाली मेज़ें, 5 *comb*: **nest-egg** (i) दरबे में रखा असली या नकली अंडा (जिससे कि मुर्गी वहीं अंडे देती रहे), (ii) बचा कर रखा धन (जिसे और बचत करके बढ़ाया जाये)

nest^{2} *vi* & *t* 1 (of bird etc) घोंसला बनाना, घर बनाना, 2 (स्थान-विशेष में) विश्राम करना, 3 *vt* (*pp*) **nested** एक-दूसरे के अन्दर रखे हुए [∼ed boxes]

nesting *n* 1 ∼ time अंडे सेने का समय, 2 (डब्बों को) एक-दूसरे के अन्दर रखना

nestle नेॅसल *vi* 1 आराम से बैठ जाना, दुबक रहना [to ∼ (down) in an armchair; to∼ **in, among, leaves**], 2 **to ∼ (close) to or up to s.o.** स्नेहपूर्वक किसी से चिपटना या चिपकना या लगना, 3 आधा छिपा होना, इस प्रकार बसा होना [a village nestling in a valley]

nestling नेॅस्‌-लिङ्ग *n* (पंख न निकले होने के कारण) घोंसले में ही रहने वाला पक्षी का बच्चा, नीड-शावक

Nestor नेॅस्टर *n* वयोवृद्ध समझदार आदमी, (किसी समुदाय या दल का) सयाना [name of character in Iliad]

net^{1} नेॅट *n* 1 (पशु-पक्षी, मछली आदि पकड़नेका) जाल, (टेनिस, क्रिकिट आदि का) जाल, 2 (मकड़ी का) जाला, 3 जाली, 4 फंदा, पाश, झांसा [to fall into the ∼], 5 (परस्पर-संबंधित काम में लगे व्यक्तियों का) दल, मंडली, तन्त्र, जाल [a spy network], 6 *comb*: **network** जाल की तरह एक-दूसरी को काटने वाली रेखाओं का बना ढांचा, जाल, ∼ of railways, canals, etc. रेलों, नहरों आदि का जाल; *broadcasting* (किसी कार्यक्रम को एक-साथ प्रसारित करने वाले) सभी प्रसारण-केन्द्र॰

net^{2} *vt* & *i* 1 जाल से (मछली आदि) पकड़ना या शिकार करना, जाल में फँसाना या फांसना, 2 जाल फैलाना या बिछाना, (नदी में) जाल डालना [to net a river], 3 जाली से ढकना, 4 *vi* जाल या जाली बुनना, फंदा बनाना

net^{3}, **nett** *a* 1 (of amount, weight, etc) जो आवश्यक कटौती के बाद बचे, शुद्ध, असली, वास्तविक, निवल, ∼ income वास्तविक या निवल आय; net price असल या निवल कीमत (जिसमें कटौती नहीं हो सकती); net profit शुद्ध या निवल लाभ, ख़ालिस मुनाफ़ा; net wealth चुकता करने के बाद बची हुई संपदा, निवल संपति

net^{4} *vt* (-tt-) (of person) (इतना शुद्ध लाभ)

कमाना, (of enterprize) (इतना शुद्ध लाभ) देना [He netted Rs.100 from the deal]

nether नीदर *a*(*arch*) 1 निचला [~ lip, jaw, etc], ~ **regions**, ~ **world** नरक, यमलोक

netting नॅ'टिङ्ग *n* 1 जाली, 2 जाल, 3 जाल बिछाना, जाल से मछली आदि पकड़ना, शिकार करना

nettle नॅ'टल *n* & *vt* 1 बिच्छू-बूटी, 2 ~-**rash** एक रोग जिसमें त्वचा पर चकत्ते पड़ जाते हैं, पित्ती; *vt* चिढ़ाना, खिजाना, मर्माहत करना [He was greatly ~d by this remark]

neural न्यूअ-रल *a* (*Gk* neuron = nerve *n*) तन्त्रिकाओं का, तन्त्रिकातन्त्र का, तन्त्रिक

neur(o)-, *comb.* form of *Gk* neuron = nerve तंत्रिका

neuralgia न्युअ-रॅल्ज: *n* (प्राय: चेहरे या सिर की) तंत्रिकाओं का दर्द, तन्त्रिकाशूल

neuralgic न्युअ-रॅल्जिक *a* तन्त्रिकाशूल से पीड़ित

neurasthenia न्युअरस्थीनिय: *n* तन्त्रिका-दौर्बल्य; (इसके कारण होने वाली) कमज़ोरी, शिथिलता, थकावट

neurasthenic न्युअरस्थीनिक *a* & *n* तन्त्रिका दौर्बल्य का; *n* तन्त्रिका दौर्बल्य से पीड़ित व्यक्ति, सुस्त या दुर्बल व्यक्ति

neuration न्युअ-रेशन *n* (कीड़े के पंखों, पत्तों आदि पर) नसों या रगों का विन्यास, नाड़िका-विन्यास, शिराविन्यास

neuritic न्युअ-राइटिक *a* तन्त्रिका-शोथ का

neuritis न्युअ-राइटिस *n* तान्त्रिका-शोथ

neurologist न्युअ-रॉ'ल-जिस्ट *n* तन्त्रिका-विज्ञानी, तन्त्रिकाओं के रोगों का 'डाक्टर, तन्त्रिका-चिकित्सक

neurology न्युअ-रॉ'ल-जि *n* तन्त्रिका-विज्ञान

neuropath न्युअ-र-पॅथ *n* तन्त्रिका-विकार से पीड़ित व्यक्ति, तान्त्रिका-रोगी

neurosis न्युअ-रोसिस *n* तन्त्रिकातन्त्र के विकार से होने वाला रोग मानसिक रोग, मनस्ताप, विक्षिप्ति, आधि

neurotic न्युअ-रॉ'टिक *a* & *n* 1 तन्त्रिका-तन्त्र पर प्रभाव डालने वाली (औषध), 2 तन्त्रिकाविकार से पीड़ित (व्यक्ति), मनस्ताप से पीड़ित (व्यक्ति), विक्षिप्त

neuter न्यूटर *a* & *n* 1 *gram* नपुंसक, 2 (युद्ध या बहस में) निष्पक्ष, तटस्थ, न इधर का न उधर का, उदासीन, **to stand** ~ निष्पक्ष रहना, अपनी निष्पक्षता की घोषणा करना, *n* 1 नपुंसक लिङ्ग, नपुंसक संज्ञा, 2 खस्सी या खसिया या बधिया पशु, 3 निष्पक्ष व्यक्ति

neutral न्यूट्रल *a* & *n* 1 (युद्ध में) तटस्थ, 2 (झगड़े या वाद-विवाद में) निष्पक्ष, 3 पक्षपात-रहित, 4 ~ **tint** सलेटी रंग ; *n* 1 तटस्थ राष्ट्र, तटस्थ राष्ट्र का नागरिक, 2 निष्पक्ष व्यक्ति

neutrality न्यू-ट्रॅलिटि *n* तटस्थता, निष्पक्षता, **armed neutrality** वह स्थिति जिसमें कोई राष्ट्र तटस्थ रहते हुए भी युद्ध के लिए तैयार रहता है, सशस्त्र तटस्थता

neutralization *n* (see foll) 1 निष्प्रभावी-करण, 2 तटस्थीकरण

neutralize न्यूट्र-लाइज *vt* 1 बराबर का प्रतिकूल प्रभाव डालना, निष्प्रभाव या बेअसर करना [to ~ one another], 2 (प्रदेश को) युद्धक्षेत्र से अलग रखना, तटस्थ बनाना

neutron न्यूट्रॉन *n* (अणु का) विद्युत्-रहित कण, न्यूट्रोन, **neutron bomb** परमाणु-बम जिसका विस्फोट प्राणियों के लिए घातक होता है पर इमारतों को बहुत क्षति नहीं पहुंचाता

never नॅ'वर *adv* 1 कभी नहीं, कदापि नहीं; **It is ~ too late to mend** सुधार हर समय संभव है, 2 (*emphatic neg.*) बिल्कुल नहीं [I ~ expected this]; Never mind चिन्ता मत करो, परवाह मत करो ; **never more** *adv* फिर कभी नहीं, भविष्य में कभी नहीं

nevertheless नॅ'वर-द-लॅ'स *adv* & *conj* तो भी, फिर भी, ऐसा होते हुए भी, इसके बावजूद भी

new^1 न्यू *a* 1 नया, नव, अभिनव, नवीन, नूतन, **the New World** अमरीका, 2 आधुनिक, हाल का, अर्वाचीन, 3 बाद का, उत्तरकालीन, 4 ताज़ा, और अधिक, अतिरिक्त, 5 अपरिचित, अनदेखा, अजनबी, अभूतपूर्व, अदृष्टपूर्व, 6 काम से अपरिचित, अनभ्यस्त, अनुभवहीन, नौसिखिया [I was **new** to that kind of work], 7 ~ **moon** (i) नवचन्द्र, दूज का चांद, (ii) नवचन्द्रोदय, ~ **year** नववर्ष, नव वर्ष के शुरू के कुछ दिन; **New Year's Day** पहली जनवरी

new^2 *adv* हाल में, इन्हीं दिनों, अभी-अभी, ~-**born** नवजात, ~-**come** नवागत, आगन्तुक

newcomer न्यू-कमर *n* आगन्तुक, अजनबी

newel न्यूल *n* (पेचदार सीढ़ी का) बीच का खम्भा, सोपान-स्तंभ, थम्बा

newfangled न्यू-फ़ैङ्गल्ड *a* (*derog*) अतिनवीन [~ ideas]

newly *adv* 1 हाल में, अभी-अभी, **newly-weds** नव-विवाहित दम्पती, 2 नये ढंग से

newness *n* 1 नयापन, नवीनता, नूतनता, अपूर्वता, 2 (of worker) अनुभवहीनता

news न्यूज़ *n pl* (usu followed by *sing vb*) 1 समाचार, खबर, संवाद, वृत्तान्त, नई बात; **that is no ~** यह कोई नई बात नहीं है, यह पहले से ही विदित है, *Prov*: **No news is good news** समाचार न आने का मतलब है कि सब ठीक है, सर्वथा कुशल है, 2 *comb*: ~-**agent** समाचारपत्र-विक्रेता, अख़बार बेचने वाला दुकानदार; ~**cast** समाचार-प्रसारण, ~**caster** समाचार-वाचक; ~-**man** चल-फिर कर अखबार बेचने वाला;

~**monger** खबरें उड़ाने वाला, गप्पी; ~**paper** समाचारपत्र, अख़बार; ~**print** अख़बारी काग़ज़, ~**-reader** समाचार-वाचक, ~**reel** (i) *radio* समाचार-दर्शन, (ii) *cinema* समाचारचित्र, ~**-room** (i) समाचार पढ़ने का कमरा, वाचनालय (ii) समाचार-संपादन का कमरा, समाचारकक्ष; ~**-worthy** समाचार के रूप में छापने या प्रसारित करने योग्य, समाचार-योग्य

newsless *a* समाचारपत्र-रहित, समाचार-रहित, जब समाचार सुनने या पढ़ने को न मिले

newsy न्यूज़ि *a* समाचारों से भरा हुआ [a ~ letter from the border]

newt न्यूट *n* जल और थल में रहने वाला छिपकली जैसा जीव, जलगोधिका

next नें क्स्ट *a*, *adv*, *prep* & *n* 1 निकटतम, पास का, साथ का, लगा हुआ, सटा हुआ [The next room, house, etc], 2 अगला, दूसरा, [the next man], आगामी, अगला [the next day, year, etc]; ~**but one** एक छोड़ कर अगला, तीसरा, **next to** (*fig*) लगभग, ~ **to nothing** नहीं के बराबर; ~ **to impossible** असंभव-प्राय; ~ **time** अगली बार; **the nest best (thing) would be . . .** यदि यह न हो, तो सबसे अच्छी बात यह होगी कि ...; *adv* फिर, अब, इसके बाद, तदनन्तर [When I saw him next; What shall we do next?] *prep* (*arch*) बिलकुल पास या समीप या निकट; ठीक आगे, ठीक पीछे, *n* अगला आदमी, अगली चीज़, (पत्रिका का) अगला अंक, अगला पत्र, [I'll tell you in my next]; **next of kin** निकटतम संबंधी

nexus नें क्सस *n* जोड़ने या मिलाने वाली चीज़, बंधन, संबंध, नाता, रिश्ता, **the cash nexus** रुपये-पैसे का रिश्ता, लेन-देन का रिश्ता

nib निब *n* & *vt* 1 क़लम की चोंच, निब, 2 औज़ार की नोक, 3 (in *pl*) ~**s** कोको के पिसे हुए बीजों के कण या दाने; *vt* (क़लम में) निब लगाना

nibble^1 निबल *vt* & *i* 1 ज़रा-ज़रा तोड़ या काट कर खाना, कुतर कर खाना, खुटकना, (of sheep) (घास-पत्तियां) चरना, 2 (*of fish*) to ~ (**at**) the bait थोड़ा-थोड़ा करके चारा खाना; (of person) to ~ **at the bargain etc** सौदा पसंद आना परन्तु उसे स्वीकार करने में झिझकना; 3 *vi* **to** ~ **at** गंभीरता से विचार किये बिना आलोचना करना, यों ही दोष निकालना

nibble^2 *n* 1 (खाने के लिए) थोड़ा सा काटना या कुतरना, टूंगना [to have a ~ at the bread]; 2 लघु ग्रास, ग्रासमात्र

nice नाइस *a* 1 (of person) (i) उत्कृष्ट रुचि वाला, सहज में संतुष्ट न होने वाला, (ii) ध्यानपूर्वक या सावधानी से काम करने वाला, छोटी-छोटी बात का ध्यान रखने वाला, अति सावधान, सूक्ष्मदर्शी, उसूल का पाबंद, नियमनिष्ठ, 2 (i) जिसमें सावधानी बरतने की ज़रूरत हो [a ~ experiment], (ii) सूक्ष्म [a ~ distinction], सूक्ष्मग्राही [a ~ ear, eye, etc], (iii) गूढ़, क्लिष्ट, पेचीदा, जटिल [a ~ question], (iv) यथार्थ, ठीक-ठीक, सही [a ~ answer], 3 (of person) भला, सुशील, सौम्य, स्नेही, मिलनसार, कृपालु, दयालु, सद्व्यवहार करने वाला [to be nice to s.o.], **it is** ~ **of you to...** आपकी बड़ी मेहरबानी है, 4 अच्छा, बढ़िया, सुन्दर [a ~ car], मधुर, स्वाद, [a ~ dinner], खूब; *iron* बहुत बुरा [We are in a ~ mess!]; 5 ~**-looking** (*colloq*) सुन्दर, रमणीय, **नयनाभिराम**; ~**ly** *adv* अच्छी तरह, ध्यानपूर्वक, सावधानी से

nicety नाइसिटि *n* 1 अति सावधानी या बारीकी से काम करना, सूक्ष्मदर्शिता, नियमनिष्ठा, 2 ठीक या सही होना, **to a nicety** सूक्ष्म बातों का ख़याल रखते हुए, बिल्कुल ठीक [She judged the distance to a ~], 3 सूक्ष्म बात या तत्त्व, बारीकी, सूक्ष्मता, जटिलता [a point of great ~], 4 (in *pl*) **niceties** अनावश्यक बारीकियां

niche निच *n* & *vt* 1 (दीवार में बना मूर्त्ति या फूलदान आदि रखने का) आला, ताखा, ताख, ताक, 2 *fig* व्यक्ति के लिए विहित या निर्दिष्ट स्थान-विशेष; He has **a ~ in the temple of fame** उसकी कीर्ति अमर है, *vt* (usu in *pp*) (मूर्त्ति आदि) आले में रखना, 3 (कोने, गुप्त स्थान आदि में) जा बैठना, छिप या बैठ रहना [to ~ oneself in a corner etc]

nick^1 निक *n* 1 दांता, चिब, खांचा, कटान, निशान, चिन्ह, 2 **in the nick of time** ठीक वक्त पर, ऐन मौके पर; 3 **in good** ~ (*colloq*) अच्छी हालत में

nick^2 *vt* 1 दांत या दांते बनाना या डालना, दांतेदार बनाना, खांचे बनाना, 2 बूझ लेना [to ~ it; to ~ the truth]; 3 to ~ the time ऐन वक्त पर पहुंचना, 4 *sl* (अपराधियों को) पकड़ना, गिरफ़्तार करना

nickel निकल *n* & *vt* चांदी-सी सफ़ेद धातु-विशेष, निकल, गिलट; ~ **silver** जर्मन सिल्वर; *vt* निकल करना, निकल चढ़ाना

nick-nack=knick-knack

nickname निक्नेम *n* & *vt* (पदार्थ या व्यक्ति का) छोटा या संक्षिप्त नाम, उपनाम; चिढ़ाने का नाम; *vt* उपनाम रखना, उपनाम से बुलाना

nicotian निकोशन *a* & *n* (*arch*)) तम्बाकू का; *n* तम्बाकू पीने वाला

nicotine निक-टीन *n* तम्बाकू से निकलने वाला विषैला तेल, तम्बाकू का सत या सार, निकोटीन

nictitate निक्टिटेट *vi* आंख मूंदना और खोलना, आंख झपकना; **nicitating membrane** (कई पशुओं की) तीसरी या भीतरी पलक, निमेषक पटल; **nic(ti)tation** *n* निमेष, निमिष, निमीलन,

झपकी

niddle-noddle निडल्-नोॅडल *a* & *vi* & *t* हिलता-डुलता, डोलता हुआ, अस्थिर; *vi* & *t* हिलता-डुलता रहना, हिलाते रहना

nid-nod निड्-नोॅड *vt* & *t* =prec.

nidus नीडस *n* (*pl* -**di**, -**duses**) 1 कीड़ों आदि के अंडे देने की जगह, 2 स्थान या कोष जिसमें जीवाणु या बीजाणु बनते हैं, जीवाणुकोष, बीजाणुकोष, बीजदानी, 3 रोग, गुण, सिद्धान्त आदि का उत्पत्ति-स्थान

niece नीस *n* भतीजी, भांजी

niello नि-ऍलो *n* (*pl* -**li**, -**los**,) 1 चांदी आदि धातुओं पर नक्काशी की रेखाओं में भरने का काला मसाला, 2 स्याह नक्काशी का काम

niggard निगर्ड *n* कंजूस या सूम आदमी, कृपण व्यक्ति

niggardliness *n* 1 कंजूसी, कृपणता, 2 अत्यल्पता

niggardly निगर्ड्लि *a* & *adv* 1 कंजूस, सूम, मक्खीचूस, कृपण, 2 (of sum) बेदिली से या थोड़ी मात्रा में दिया हुआ, बहुत थोड़ा, जरा-सा, मामूली, (*adv*) कंजूसी से, बहुत थोड़ी मात्रा में

nigger निगर *n* 1 (usu *derog*) हब्शी, (loosely) काला आदमी, 2 (*sl*) **There's a nigger in the woodpile** दाल में कुछ काला है

niggle निगल *vi* छोटी-छोटी बातों में बहुत समय लगाना या देर करना; **to ~ over** trifles बारीकियों पर ध्यान देना; यों ही दोष निकालते रहना

niggling निग्लिङ्ग *a* 1 मामूली, तुच्छ, अनावश्यक 2 (of work) जिसमें बारीकियों का ख़्याल रखा गया हो; 3 मामूली प्रभाव डालने वाला 4 (of handwriting) न पढ़ा जा सकने वाला, अपाठ्य

nigh नाइ *adv*., *prep*. & *a* (*compar* nigher, *superl* nighest) = near

night नाइट *n* 1 रात, रात्रि, निशा, रजनी, 2 रात का अंधेरा, (*fig*) the ~ of ignorance अज्ञान का अंधकार, 3 **to have a good night** अच्छी नींद आना, आराम से सोना; **to have a bad night** अच्छी नींद न आना, आराम से न सो पाना; **to make a night of it** रात भर उत्सव मनाना; **at ~** रात पड़ते ही, शाम को, रात में, **by ~** रात में, रात के अन्धेरे में, **to turn ~ into day** रात में दिन की तरह ही काम करना (वि० खूब रोशनी जला कर); रात का दिन बना देना, 4 (*comb*:) **~-bird** (i) रात में निकलने वाला पक्षी, उल्लू, बुलबुल आदि, **night-blindness** रतौंधी; **~-cap** सोते समय पहनने वाली टोपी, (ii) सोने से पहले पीने की शराब आदि, **nightfall** संध्या, शाम, सांझ; **night-life** बड़े नगरों में आधी रात तक चलने वाले नृत्य, संगीत, क्लब आदि; रात्रि-मनोरंजन, **nightmare** सोते हुए लोगों को सताने वाली पिशाचिन, होआ; भयानक स्वप्न, दुःस्वप्न; सदा बना रहने वाला डर; **~-school** रात्रि पाठशाला; **~-soil** पाख़ाना, मैला, विष्ठा; **night-watch** (i) रात का पहरा, रात का पहरेदार या चौकीदार, (ii) (*Rom*) रात का पहर

nightie नाइटि *n* (*colloq*) रात की पोशाक

nightingale नाइटिङ्गेल *n* बुलबुल

nightly नाइट्लि *a* & *adv* 1 रात में होने वाला, रात का, रात्रिकालीन, नैश, 2 हर रात होने वाला; *adv* हर रात

nightshade नाइट्शेड *n* पौधों की कुछ किस्में [black ~, woody ~]: Deadly ~ बेलाडोना

nigrescent निग्रेॅसन्ट *a* कुछ-कुछ काला, सांवला, कृष्णाभ

nigritude निग्रिट्यूड *n* कालापन, *fig* कलंक, दुष्टता, निन्दनीयता

nihilism नाइ-हि-लिज़म *n* 1 धर्म और सदाचार के विषय में प्रचलित धारणाओं का प्रत्याख्यान, 2 *philos* हर पदार्थ के अस्तित्व में सन्देह, नास्तिवाद, नाशवाद, शून्यवाद; **nihilist** *n* नास्तिवादी, नाशवादी, शून्यवादी

nihility नाइ-हिलिटी *n* 1 सत्ता या अस्तित्व का अभाव, अस्तित्वहीनता, शून्यता, अभाव, 2 तुच्छ या नगण्य वस्तु, मामूली चीज

nil निल *n* कुछ नहीं, शून्य, सिफ़र [The balance is nil]

nill निल *vi* (*3rd sing. pres. conditional*) **Will he nill he** वह चाहे या न चाहे (=willy-nilly)

nimble निम्बल *a* 1 चुस्त, फुर्तीला, तेज़, तेज़ी से काम करने वाला, 2 (of mind etc) कुशाग्र, सूक्ष्मग्राही, सूझबूझ वाला, चतुर, दक्ष, होशियार, 3 *comb*: **~-footed** जल्दी-जल्दी कदम उठाने वाला, तेज़ चलने वाली, द्रुतगामी; **~-witted** हाज़िरजवाब, व्युत्पन्नमति, कुशाग्रबुद्धि; **~ness** *n* चुस्ती, फुर्ती, स्फूर्ति होशियारी; **nimbly** *adv* फुर्ती से, तेज़ी से, होशियारी से

nimbus निम्बस *n* 1 (चित्र में सन्त-महात्माओं के सिर के इर्द-गिर्द बना) प्रभामंडल, प्रकाशमंडल, 2 बरसाती बादल, वर्षामेघ

Nimrod निम्रोॅड *n* बहुत बड़ा शिकारी या खिलाड़ी

nincompoop निङ्कम्पूप *n* मूर्ख, बुद्धू, गावदी, भोंदू, गोबरगणेश

nine नाइन *a* & *n* नौ, **the Nine**=the Muses (see muse[1]); **nine days' wonder** थोड़े दिन का कौतुक या आकर्षण, चार दिन की चांदनी; **nine times out of ten** प्रायः, बहुधा; *n* 1 नौ (की संख्या); 2 **to the nines** पूरी तरह, पूर्णरूपेण, बिना किसी कमी या त्रुटि के; **dressed (up) to the nines** पूरी वेशभूषा में; **ninefold** *a* & *adv* नौगुना

ninepins *n pl* फ़र्श पर लकड़ी के नौ बोतल-

आकार टुकड़े खड़े करके गेंद से उन्हें गिराने का खेल; **to go down like ninepins** बालू की भीत की तरह गिर जाना, ताश के घर की तरह नष्ट-भ्रष्ट हो जाना

nineteen नाइन्टीन *a* & *n* उन्नीस; **~th** *a* & *n* उन्नीसवां

ninetieth *a* & *n* नव्वेवां

ninety नाइन्टि *a* & *n* नव्वे; the nineties व्यक्ति की आयु या शताब्दी के ९० से लेकर ९९ तक के वर्ष

ninny निनि *n* बुद्धू, भोंदू, गावदी, बेवकूफ़

ninth नाइन्थ *a* & *n* नोवां, नवम्, on the ninth (of August etc) **(अगस्त की)** ९ तारीख़ को, ९ अगस्त को

nip^1 निप *n* 1 चुटकी, चिकोटी, 2 व्यंग्य, ताना, कटाक्ष, कटूक्ति, **3** फ़सलों को नष्ट करने वाली सर्दी, पाला, **4** There is a nip in the air हवा बहुत ठंडी लगती है, हवा काटती-सी है

nip^2 *vt* & *i* 1 चुटकी या चिकोटी काटना, 2 दबाना, नोचना, काटना, 3 **to nip in the bud** कलियों को मसल डालना, *fig* (see bud), **4** (of cold) (i) (पौधों को) पाला मार जाना, (ii) पीड़ा देना, काटना [to nip the fingers etc]

nip^3 *n* & *vi* & *t* (स्फूर्ति लाने के लिए) मदिरा आदि पेय की थोड़ी सी मात्रा, घूंट भर [to take a nip of brandy]; *vi* & *t* (स्फूर्ति लाने के लिए) घूंट भर मदिरा पीना

nipper निपर *n* 1 रेढ़ी वाले का सहायक छोकरा, आवारा लड़का, 2 in *pl* **(pair of) nippers** चिमटी, मोचना, प्लास, जंबूर, 3 in *pl* (*arch*) बिना कमानी का चश्मा

nipple निपल *n* 1 चूचुक, ढेंपनी, स्तनाग्र, 2 (दूध पिलाने की बोतल की) चुसनी, 3 त्वचा या शीशे या धातु पर चूचुक-जैसा उभार, उभरा हुआ दाना

nisi नीसी (L. *conj*=if not, unless) यदि··· न, जबतक कि···न; **decree, order, rule,** etc. **nisi** सशर्त या सप्रतिबन्ध या अपेक्षात्मक डिगरी, आदेश, नियम आदि; ऐसा आदेश, नियम आदि जो निश्चित अवधि के अन्दर उज़्रदारी न होने पर लागू हो जाता है

nit निट *n* जूं का अण्डा, लीख, जूं-जैसे किसी कीड़े का अण्डा

nitrate नाइट्रेट *n* & *vt* नाइट्रिक एसिड के योग से बनने वाला क्षार; *vt* नाइट्रिक एसिड मिलाना

nitre नाइटर *n* शोरा, कलमी शोरा, यवक्षार, नाइटर, **nitric** *a* नाइट्रोजन का, नाइट्रोजनयुक्त, नाइट्रिक, **nitric acid** शोरे का अम्ल; **nitrify** *vt* नाइट्रोजनयुक्त करना

nitrogen नाइट्र-जिन *n* वायुमंडल में बड़ी मात्रा में पाई जाने वाली गैस, नाइट्रोजन, **~ous** *a* नाइट्रोजनमय, नाइट्रोजनयुक्त, नाइट्रोजनी

nitrous नाइट्रस *a* नाइट्रोजनयुक्त, **~ acid** कम आक्सीजन वाला शोरे का अम्ल, **~ oxide**= laughing gas (*q.v.*)

nix^1 निक्स *int* (*sl*) होशियार! (मालिक आ रहा है)

nix^2 *n* जलपरी (fem **nixie**)

no^1 नो *a* **1** कोई नहीं, कुछ नहीं, तनिक भी नहीं, [It is of no interest], **2** बहुत कम, जरा-सा, मामूली [It is no distance], **3** तुच्छ, मामूली, नाम का, [He is no artist]; **4** (in ellipt. sentences] हम ऐसा नहीं चाहते, हम ऐसा नहीं होने देंगे [No surrender !], **5** (with gerund) असंभव [There is no pleasing him], **6 no one** (*pron*) कोई आदमी नहीं; *a* कोई अकेला (व्यक्ति) नहीं [No one man could lift it]; **No thoroughfare** (i) आगे रास्ता बन्द है, (ii) आम रास्ता नहीं है

no^2 *adv* (as alternative after *or*), **or no** या नहीं [Pleasant or no, it is true], **weather or no** ऐसा हो या न हो, दोनों में से किसी भी सूरत में [He threatens to go, whether or on]; Whether you want it or no तुम चाहो या न चाहो

no^3 *adv* (with *compar*) तनिक भी नहीं, बिल्कुल नहीं [He is no better than before]; He is no more वह मर चुका है

no^4 *adv* (equivalent to *neg* sentence) & *n* (*pl* **noes**) नहीं [Have you seen him? No]; *n* न, नहीं (का शब्द), इन्कार, अस्वीकृति, विरोध, निषेध, **He will not take no for an answer** वह 'ना' सुनने को तैयार नहीं है, (in *pl*) **noes** प्रस्ताव के विरुद्ध मत देने वाले सदस्य, विरोध पक्ष [The noes have it]

Noachian नोएकिअन, **Noachic** नोएकिक *aa* महात्मा नूह का, नूहकालीन (see **foll**).

Noah नोअ *n* (*Bible. hist.*) यहूदियों का आदि पुरुष, नूह **Noah's ark** (i) नूह की छतदार किश्ती (जिसमें बैठकर उन्होने प्रलयंकर बाढ़ मेंअपनी तथा अपने परिवार और पशुओं की जान बचाई थी), (ii) नूह की किश्ती के नमूने पर बना बच्चों का खिलौना

nob^1 नॉब *n* & *vt* (*sl*) 1 सिर, खोपड़ी, *vt* (*box*) **सिर पर वार करना**

nob^2 *n* (*sl*) अभिजात या कुलीन व्यक्ति, उच्च वर्ग का आदमी, नवाब, अमीर

nobble नॉबल *vt* (*sl*) 1 बेईमानी से (रुपया) कमाना, 2 (अपराधी को) पकड़ना

nobby नॉबि *a* (*sl*) अभिजात वर्ग के अनुकूल, अभिजात वर्ग को शोभा देने वाला, भव्य, शानदार

Nobel Prize नोबेॅल प्राइज़ *n* साहित्य, विज्ञान, शान्ति आदि के लिए दिया जाने वाला पुरस्कार, नोबेल पुरस्कार, **Nobel laureate** नोबेल पुरस्कार विजेता [prizes awarded from the bequest of Alfred B. Nobel of Sweden]

nobiliary नो-बिलिअरि *a* अभिजात वर्ग का [~ pride, rank, etc]

nobility नो-बिलिटि *n* 1 सज्जनता, सौजन्य, उदारता, औदार्य, 2 कुलीनता,अभिजात वर्ग का होना, आभिजात्य; 3 (*collect*) **the** *or* **a nobility** अभिजात वर्ग, कुलीन वर्ग

noble^1 नोबल *a*1अभिजातवर्ग का, अभिजात, कुलीन, उच्च वर्ग का, उच्च पद का, प्रतिष्ठित, श्रेष्ठ, उत्तम, 2 उदात्त [~ sentiment], उदार, महामना, महात्मा, उदारचरित, सच्चरित्र, सज्जन [~ soul], सज्जनता का, उदारताका [~ act] 4 बढ़िया, उत्कृष्ट, श्रेष्ठ, 5 *comb*:~**-minded** उदारहृदय, महानुभाव; **nobly** नोब्लि *adv* 1 उच्च कुल में, अभिजात वर्ग में [nobly born], 2 उदारता से, सज्जनता से, 3 शानदार ढंग से, ठाठ से

noble^2 *n* कुलीन पुरुष, अभिजात व्यक्ति, अमीर आदमी, रईस, नवाब

nobleman *n* (fem **noblewoman**)सामन्त, रईस, नवाब

noblesse F नोब्लेँस *n* = nobility, 3; **noblesse oblige** (नोब्लेँस् ओँब्लीश्ज) अधिकार में कर्तव्य निहित है, अधिकार में कर्तव्य का बंधन अनिवार्य है

nobody नो-बडि *pron* & *n* 1 कोई नहीं; *n* मामूली आदमी, नगण्य व्यक्ति [He is a (mere) nobody]

nock नोँक *n* & *vt* 1 (प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए) धनुष के सिरों पर बना खांचा या दांता, 2 बाण के पिछले सिरे पर बना खांचा जिसे धनुष की डोरी पर टिकाया जाता है; *vt* (धनुष पर) बाण चढ़ाना

noctambulant नोँक्टैम्ब्युलन्ट *a* (i) रात में चलने वाला, रात्रिचर; (ii) निद्राचर

noctambulism नोँक्टैम्ब्युलिज़म *n* 1 रात में चलना, रात्रिभ्रमण, 2 निद्रा में चलना, सोते-सोते चलना, निद्राभ्रमण

noctambulist *n* 1 रात में चलने वाला, 2 निद्रा में चलने वाला

nocturnal नोँक्टर्नल *a* 1 रात का, रात में होने वाला, रात्रिकालीन, नैश; 2 रात में काम करने वाला, रात्रिचर 3 ~ **emission** स्वप्नदोष

nocturne नोँक्टर्न *n* 1 *mus* हल्का निद्राजनक संगीत; 2 *paint* रात्रि का दृश्य, रात्रिचित्र

nod^1 नोँड *vi* & *t* 1 (अभिवादन करने के लिए) तनिक सिर हिलाना, 2 हां करने या आदेश देने के लिए सिर हिलाना, हां करना, इशारा करना [to ~ assent; to ~ to s.o.], 3 ऊंघना, नींद में झूमना, निद्रालू होना, झपकी लेना; *fig* ऊंघते-ऊंघते ग़लती कर जाना, ग़लती करना (मानों लिखते समय ऊंघ रहे हों); *Prov*: **Homer sometimes nods** (ग्रीक महाकवि होमर भी कभी-कभी ग़लती कर जाता है; अर्थात् दिग्गज पण्डितों से भी कभी-कभी भूल हो जाती है)

nod^2 *n* 1 सिर का हिलाना या झुकाना, 2 (सिर का) इशारा, आदेश, आज्ञा, to have s.o. at one's ~ इशारे पर चलने वाला कोई व्यक्ति (उपलब्ध) होना, to be at s.o.'s ~ किसी के इशारे पर चलना, किसी के अधीन होना, 3 (सिर हिला कर किया गया) अभिवादन, नमस्कार, सलाम, 4 **the land of N**~ स्वप्नलोक, निद्रालोक

nodal नोडल *a* (f. node) 1 गांठ या पर्व का; पात का, पातिक [~ point]

nodding नोँडिङ्ग *n* & *a* अभिवादन, **to have a ~ acquaintance with s.o.** किसी से तनिक या मामूली परिचय होना; *a* हिलता हुआ, डोलता हुआ, अस्थिर, जिसका सिर हिलता हो

noddle नोँडल *vt* (सिर) हिलाना

noddy नोँडि *n* 1 बुद्धू, मूर्ख, भोंदू, गावदी, भोला, 2 एक समुद्री पक्षी

node नोड *n* 1 (पेड़ आदि की) गांठ, पर्व, पर्वसंधि, 2 कोंपल फूटने का स्थान, पर्णसन्धि, गांठ, 3 (वातरोगग्रस्त अंग पर की) गिल्टी, ग्रन्थि, गुमड़ी, 4 *astron* वह बिन्दु जहां किसी ग्रह की कक्षा और सूर्य। की आभासी कक्षा एक-दूसरी को काटती हों, पात, 5 *phys* (तरङ्ग का) निस्पन्द बिन्दु; 6 *math* (वक्र का) कटान बिन्दु

nodical नोडिकल *a* (see node 1, 2, 4) 1 गांठ या पर्व का, पार्विक, 2 ग्रन्थि का; 3 पातिक

nodose नोडोस *a* गांठदार, ग्रान्थल, गँठीला, गुमड़ीदार **nodosity** नोडोँसिटि *n* 1 गँठीलापन, 2 गांठ, ग्रन्थि, गुमड़ी

nodule नोँड्यूल *n* 1 किसी चीज़ का छोटा गोल पिंड, लघुपिंड, गिडिका, गुटिका, 2 (पौधे पर की) छोटी गांठ, लघु ग्रन्थि, ग्रन्थिका, 3 छोटी गांठदार गिल्टी

nodus नोडस *n* (*pl* **-di**) (कथानक आदि में) जटिल स्थल या पेचीदगी या कठिनाई, 2 (पशु के शरीर, पेड़ आदि पर की) गांठ, ग्रन्थि, उभार

Noel नोएँल = Nowel, क्रिसमस

noetic नोएँटिक *a* 1 बुद्धि या प्रज्ञा का, 2 बौद्धिक, मानसिक, प्रज्ञात्मक

nog^1 नोँग *n* & *vt* (-gg-) 1 खूंटा, खूंटी, लकड़ी का छोटा कुन्दा, 2 डाल तोड़ने के बाद पेड़ पर लगा रहने वाला शेष भाग, टूटी हुई डाल का (एक ओर निकला हुआ) शेष भाग, चिप्पड़, *vt* 1 खूंटों से जड़ना, 2 लकड़ी के ढांचे में ईंट, कंकरीट या पत्थर की चुनाई करना; **nogging** *n* ऐसी चुनाई, भराई

nog^2 *n* जौ की तेज शराब, तेज बियर

noggin नोँगिन *n* प्याला, गिलास, छोटा मग

nohow नो-हाउ *adv* किसी तरह भी नहीं

noise^1 नोँइज़ *n* 1 शोर, गुल, शोर-गुल, गुलगपाड़ा हल्ला-गुल्ला, कोलाहल; **to make a noise** (i) शोर करना या मचाना, (ii) **to make a ~ in the world** ख्याति प्राप्त करना अथवा

बदनाम हो जाना, (इस तरह) चर्चा का विषय बनना, बहुचर्चित होना, (iii) **to make a noise about sth** किसी बात की बहुत शिकायत करना, किसी चीज़ की बहुत चर्चा करना, 2 आवाज़, शब्द, रव, ध्वनि

noise^2 *vt* मशहूर करना, घोषणा करना, ढिंढोरा पीटना, प्रकाशित करना, (बात या ख़बर) फैलाना [It was ~d abroad that...]

noiseless *a* नीरव, नि:शब्द, बे-आवाज़, चुप, मौन; ~**ly** *adv* चुपके-चुपके, बिना आवाज़ किये

noisette न्वाज़ेॅट *n* गुलाब की एक किस्म

noisome नॉइ-सम *a* (*liter*) 1 हानिकर, अपथ्य, कुपथ्य, अस्वास्थ्यकर, 2 दुर्गन्धयुक्त, बदबूदार, गला-सड़ा, 3 आपत्तिजनक, अप्रिय, अरुचिकर, घृणित [~ task]; ~**ness** *n* 1 हानिकारकता; 2 बदबूदार होना, बदबू, 3 आपत्तिजनक होना

noisy नॉइज़ि *a* 1 (of place etc) कोलाहल-पूर्ण, शोर-गुल से भरा हुआ, मुखरित, 2 (of person) शोर करने वाला, चीख़-पुकार करने वाला, दुहाई देने वाला, मुखर, 3 (of colour) शोख़, (of dress) भड़कीला, चटकीला

nolens volens नोलेॅन्ज़् वोलेॅन्ज़ *adv* (*liter*) चाहते हुए या न चाहते हुए, इच्छा से या अनिच्छा से (= willy-nilly)

nomad नोमड *n* & *a* 1 चरागाह की तलाश में एक जगह से दूसरी जगह जा कर डेरा डालने वाला, खानाबदोश, अस्थिरवासी, 2 यायावर, *a* 1 खाना-बदोश जाति का, पर्यटनशील, भ्रमणशील, घुमक्कड़, अस्थिरवासी

nomadic नोमैंडिक *a* 1 ख़ानाबदोश, अस्थिरवासी, 2 ख़ानाबदोश का; ~**ally** *adv* ख़ानाबदोशों की तरह, जगह-जगह घूमते हुए

nomadism नोम-डिज़म *n* ख़ानाबदोश का जीवन, खानाबदोशी, यायावरत्व, यायावरता, यायावरी

nomadize *vi* खानाबदोशों की तरह जगह-जगह घूमते फिरना

nom de plume F नॉम्-द-प्लूम, नोंदप्लुम *n* लेखक का कल्पित नाम जिससे वह अपनी रचनाएं प्रकाशित करवाता है, उपनाम, छद्म-नाम [*e.g.* George Eliot is *nom de plume* of Marry Ann Evans]

nomenclator नोमन्क्लेटर *n* 1 *Rom hist* स्वामी को रास्ते में मिलने वाले व्यक्तियों के नाम बताने वाला ग़ुलाम, 2 भोज के अवसर पर अतिथियों को निर्दिष्ट स्थान बताने वाला अधिकारी, 3 (प्राणियों, बनस्पतियों आदि का) नाम रखने वाला, अभिधान करने वाला, अभिधायक [*L.* nomen, *Skt* नामन्, *L* calare 'to call']

nomenclature नोमन्क्लेचर *n* 1 पदार्थों के नाम रखने की पद्धति या ढंग, नामपद्धति, अभिधान-पद्धति, 2 (कला या विज्ञान-विशेष की) शब्दावली, पारिभाषिक शब्दावली, परिभाषा

nominal नॉमिनल *a* 1 *gram* नाम या संज्ञा का [~ suffix]; संज्ञा से बना [~ root], 2 नाम (-मात्र) का, नाम के लिए, नामधारी, अवास्तविक [~ ruler], दिखाने भर को; (पुस्तक पर) छपी हुई, अंकित [~ and real price], 3 बहुत थोड़ा, मामूली, नाम-मात्र [~ rent], 4 जिसमें नाम दिये गये हों, नामों का, ~ list of officers अफ़सरों की नाम-सूची या नामावली; ~**ly** *adv* 1 नाम-मात्र, बहुत थोड़ा; 2 नाम से, नाम लेकर

nominate नॉमिनेट *vt* 1 नामनिर्दिष्ट करना, नामनिर्देश करना, मनोनीत करना, नियुक्त करना [to nominate someone **to, for,** a post], 2 (उम्मीदवार के) नाम का प्रस्ताव करना, (उम्मीदवार को) नामज़द करना; ~d *n* 1 मनोनीत, नियुक्त, 2 नामज़द [~d member]

nomination नॉमिनेशन *n* 1 नामनिर्देशन, नामांकन, नामज़दगी, 2 नियुक्ति; (नियुक्ति के लिए) किसी का नाम पेश करने का अधिकार [You have a ~ at your disposal]

nominative नॉमि-नेटिव *a* & *n* (*gram*) कर्त्ताकारक (शब्द या विभक्ति), प्रथमा (विभक्ति)

nominee नॉमिनी *n* मनोनीत या नामज़द व्यक्ति

non- नॉन *pref.* नकारसूचक उपसर्ग = अ, अन्

non-acceptance *n* अस्वीकृति, अपरिग्रह, अपरिग्रहण

nonage नॉनिज *n* 1 अल्पवयस्कता, नाबालिग़ी [to be still in one's ~], 2 आरंभिक अवस्था, अप्रौढ़ता

nonagenarian नॉन-जिनेॅअरिअन *a* & *n* ९० से ९९ वर्ष तक का (व्यक्ति)

non-aggression *n* आक्रमण न करना, अनाक्रमण

non-alignment नॉन्-अलाइन्मन्ट *n* राष्ट्रों के दो मुख्य गुटों में से किसी में शामिल न होना, गुट-निरपेक्षता (का सिद्धान्त)

non-appearance *n* (अदालत में) पेश न होना, अनुपस्थिति

nonary नोनरि *a* & *n* (*arith*) नौ पर आधारित, (*n*) नौ का समुदाय, नवक

non-belligerant नॉन्-बि-लिजरन्ट *n* युद्ध में भाग न लेने वाला, अयुद्धकारी

nonce नॉन्स *n* 1 वर्तमान समय या अवसर; **for the** ~ फ़िलहाल; 2 **nonce-word** एक अवसर के लिए गढ़ा गया शब्द, तात्कालिक शब्द

nonchalance नॉन्शलन्स *n* उत्साह या औत्सुक्य का अभाव, अनुत्साह, अनौत्सुक्य, उदासीनता, निरपेक्षता, उपेक्षा, बेपरवाही

nonchalant नॉन्शलन्ट *a* उत्साहरहित, उत्साहहीन, अनुत्सुक, निरुत्सुक, उदासीन, निरपेक्ष, बेपरवाह; ~**ly** *adv* बेपरवाही से, उपेक्षा से

non-cognizable नॉन्-कॉग्निज़-बल *a* (of offence) जिसमें पुलिस हस्तक्षेप न कर सके, जिसके लिए किसी का चालान न किया जा सके, अहस्तक्षेप्य

non-combatant नॉन्-कम्बटन्ट *a* & *n* युद्ध में

भाग न लेने वाला (सैनिक कर्मचारी), ग़ैर-लड़ाकू

non-commissioned नॉ`न्कमिश`न्ड *a* अनायुक्त, बेकमीशन, ~ **officer** (N.C.O.) एन.सी.ओ.

non-committal नॉन`कमिटल *a* 1 जिसमें 'हां' या 'ना' न हो, जिसमें किसी प्रकार का वायदा या बंधन न हो, गोल-मोल [~ answer], 2 to be ~ in answering उत्तर देने में 'हां' या 'ना' न करना, किसी प्रकार वचनबद्ध न होना

nonconformist नॉ`न्कन्फ़ॉर्मिस्ट *n* जो प्रचलित धर्म के सिद्धान्तों से सहमत न हो या उसके नियमों पर न चले, भिन्नमत या विचार रखने वाला, असहमत व्यक्ति, (ईसाई धर्म में) प्रोटेस्टेंट

nonconformity नॉ`न्कन्फ़ॉरमिटि *n* 1 अननुशूलता अननुरूपता, असादृश्य, नियम आदि का अननुसरण, 2 (see prec) प्रोटेस्टेण्ट समाज, उसके सिद्धान्त

nondescript नॉ`न्डिस्क्रिप्ट *a* & *n* 1 (प्राणी या पदार्थ) जिसे वर्ग में रखना आसान न हो, जो किसी वर्ग मे न आये, अज्ञात वर्ग या जाति का, संकर, 2 जिस का वर्णन न किया जा सके, वर्णनातीत, 3 विलक्षण, अजीब,

none नन *pron*, *a* & *adv* कोई नहीं [None of them is (*or* are) here], *Prov*: **There are none so deaf as those who won't hear** जो सुनना नही चाहता उस जैसा कोई बहरा नहीं होता; कुछ नहीं, कोई चीज़ नहीं] [None of this concerns me]; *a* [Money I have ~], *adv* न, नहीं, He is ~ the happier for his wealth धन होने से वह (औरों से) अधिक सुखी नहीं है; He came ~ too soon वह ऐन वक्त पर पहुंचा; **nonetheless**=nevertheless

nonentity नॉ`ने`न्टिटि *n* 1 अस्तित्व का अभाव, 2 असत् पदार्थ, काल्पनिक वस्तु, 3 नगण्य व्यक्ति, तुच्छ वस्तु, अवस्तु, शून्य, सिफ़र

nones नोन्ज़ *n pl* 1 *Rom ant* मार्च, मई, जुलाई, और अक्तूबर का सातवां दिन, दूसरे महीनों का पांचवां दिन, 2 *eccl* अपराह्न की प्रार्थना

non-essential नॉ`न्-इसे`न्शल *a* अतात्त्विक, अनावश्यक

non-existence नॉ`न्-इग्-ज़िस्टन्स *n* अस्तित्व का अभाव, अविद्यमानता, अभाव ; **non-existent** *a* असत्, अविद्यमान

nonesuch नन्सच=nonsuch

non-ferrous *a* 1 लोहे या इस्पात से भिन्न, ~ metal लोहेतर धातु; 2 लोहे या इस्पात से रहित, अलोह [~ ore]

non-feasance नॉ`न्-फ़ीज़न्स *n* (*law*) करणीय कार्य का न करना, कृत्याकरण

non-gazetted नॉ`न्-गज़े`टिड *a* अराजपत्रित

nonillion ननिलिअन *n* दस लाख का नौवां घात, दस लाख को नौ बार दस लाख से गुणा करने से प्राप्त संख्या, १ के साथ चौवन शून्य लगाने से बनने वाली संख्या

non-interference नॉ`न्-इन्टर्-फ़िअरन्स *n* अहस्तक्षेप

non-intervention नॉ`न्-इन्टर्वे`न्शन *n* अहस्तक्षेप

non-irrigated नॉ`न्-इरिगेटिड *a* जिसमें नहर या नदी से सिंचाई न होती हो, बारानी

non-metal नॉन्-मे`टल *n* अधातु; **non-metallic** *a* अधात्विक

non-observance नॉ`न्-अब्ज़र्वन्स *n* (नियम, कर्तव्य आदि का) पालन न करना, अपालन

non-official नॉ`न्-अफ़िशल *a* & *n* ग़ैर-सरकारी (आदमी); अराजकीय

non-pareil नॉ`न्-परेल *a* & *n* 1 अनुपम (वस्तु), बेजोड़ (चीज़); अद्वितीय (व्यक्ति), 2 सेब, गेहूं पतंगों, पक्षियों आदि की किस्में

non-payment नॉ`न्-पेमन्ट *n* भुगतान न करना, चुकता न करना, ग़ैर-अदायगी

non-performance नॉ`न्-पर्फ़ॉर्मन्स *n* (कर्तव्य का) पालन न करना, (संविदा) कार्यान्वित न करना

nonplus नॉ`न्प्लस *vt* (-ss-) हक्का-बक्का कर देना, भौचक्का करना, किंकर्तव्यविमूढ़ करना, चक्कर में डालना, निरुत्तर कर देना

non-productive नॉ`न्-प्रडक्टिव *a* (of expenditure etc) जो उत्पादन की दृष्टि से लाभकारी न हो, अनुत्पादक

non-recurring नॉ`न्-रि-करिङ्ग *a* एक बार (हो कर फिर न) होने वाला, अनावर्ती, अनावर्तक

non-resident नॉ`न्-रे`ज़िडन्ट *a* & *n* जो निर्दिष्ट स्थान का निवासी न हो, अनिवासी, अन्यत्रवासी; अनिवासी का [~ account in a bank], (of post) जिस पर काम करने वाले के लिए वहीं निवास करना जरूरी न हो, निवास-नियम-मुक्त

non-resistence नॉ`न्-रि-ज़िस्टन्स *n* विरोध न करना, अप्रतिरोध

nonsense नॉ`न्-सन्स *n* & *int* मूर्खता, बेवकूफी; मूर्खता की बात, बेहूदा बात, बेहूदगी, बेतुकापन, **to talk** ~ बेतुकी या बेमानी बात करना, बकवास करना, बक-बक करना; *int* **Nonsense!** तुम मूर्खता की बात कर रहे हो, यह नहीं हो सकता, असंभव !

nonsensical नॉ`न्-से`न्सिकल *a* मूर्खता का, मूर्खतापूर्ण, बेतुका, बेहूदा, बेमानी, निरर्थक

non-stop नॉ`न्-स्टॉ`प *a* & *adv* न रुकने वाला, विरामरहित, **non-stop train** बीच में न रुकने वाली गाड़ी; *adv* बिना रुके, लगातार, अविराम

nonsuch, **nonesuch** नन्सच *n* 1 अनुपम वस्तु, उत्कृष्ट या आदर्श वस्तु; अद्वितीय व्यक्ति, श्रेष्ठ या आदर्श व्यक्ति, 2 चारे के काम में आने वाली घास-विशेष

nonsuit नॉ`न्सूट *n* & *vt* (वादी द्वारा पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत न करने पर जज द्वारा) मुकदमा ख़ारिज कर दिया जाना, वाद की समाप्ति; *vt* (किसी का) मुकदमा ख़ारिज करना

non-user नोॅन्-यूज़र *n* (law) अधिकार का अप्रयोग

non-violence नोॅन्-वाइअ-लन्स *n* अहिंसा; **non-violent** *a*(i) हिंसा न करने वाला, शान्तिप्रिय, शान्त [The picketers remained non-violent]; (ii) अहिंसात्मक, हिंसा-रहित

noodle^{1} नूडल *n* मूर्ख, बुद्धू, गावदी

noodles^{2} नूडल्स *n pl* अंडे और मैदे को गूंध कर बनाये हुए लच्छे, एक प्रकार की सेवइंयां

nook नुक *n* 1 (कमरे का) कोना, आला, 2 छिपी हुई जगह, एकान्त स्थान

noon नून *n* दिन के बारह बजे, दोपहर (also **noonday, noontide**)

noose नूस *n* & *vt* 1 फंदा, सरकने वाला फंदा, **to put one's head in a ~** (*fig*) स्वयं अपने पतन का कारण बनना; 2 जाल, बंधन, 3 विवाह-बंधन, *vt* (रस्सी का) फंदा बनाना, (ख़रगोश आदि जन्तु को) फंदा डालना, फंसाना

nopal नोपल *n* अमरीकी नागफनी

nor^{1} नॉर् *conj* न, और न, न तो [Neither you nor I know; you do not know, nor do I]

nor'^{2} (*shortened form of 'north' in compounds and derivatives*) see north

Nordic नॉर्डिक *a* & *n* (*ethnol*) उत्तरी यूरोप वि० स्केण्डिनेविया (Denmark, Norway, Swedan & Iceland) में बसी लंबे कद की जाति का (व्यक्ति)

norm नॉर्म *n* सर्वमान्य या आम नमूना, प्रतिमान, मानक, मानदण्ड

normal^{1} नॉर्मल *a* 1 *geom* लम्ब [~ angle]; 2 मानक या मानदण्ड के अनुकूल, नमूने के अनुसार, नियमानुसार, विहित, ठीक [~ speed], 3 साधारण, सामान्य, आम [~ feature], 4 स्वाभाविक, उचित, 5 **normal school** अध्यापकों के प्रशिक्षण की पाठशाला, नार्मल स्कूल; **~ly** *adv* आम तौर पर, सामान्यत:, साधारणतया

normal^{2} *n* 1 *geom* लम्ब रेखा, अभिलम्ब, 2 साधारण या सामान्य स्थिति

normalcy नॉर्मल्सि = normality

normality नॉर्मैलिटि (also normalcy) *n* 1 सामान्य स्थिति, आम दिनों की-सी हालत, 2 स्वाभाविक स्थिति या अवस्था

normalization नॉर्मलाइज़ेशॅन *n* सामान्यीकरण

normalize नॉर्मलाइज़ *vt* & *i* सामान्य बनाना या हो जाना, सामान्य स्थिति में लाना या आना

Norman नॉर्मन *n* & *a* फ़्रांस के नार्मण्डी (Normandy) प्रदेश का रहने वाला, नार्मन, *a* नार्मन जाति का

normative नार्म-टिव *a* (f. norm) मानक का, मानक स्थिर करने का, मानकीय [a ~ grammar]; आदर्श

Norse नॉर्स *n* & *a* नार्वे (Norway) की भाषा, *a* नार्वे का; **~man** *n* नार्वे निवासी

north नॉर्थ *adv*, *n* & *a* 1 उत्तर में, उत्तर, की ओर [to travel ~]; **due ~** ठीक उत्तर में, 2 **~-east** *adv*, *n* & *a* उत्तरपूर्व में, उत्तरपूर्व; उत्तरपूर्वी; **~-west** *adv*, *n* & *a* उत्तर-पश्चिम में, उत्तर-पश्चिम, उत्तर-पश्चिमी; *n* 1 उत्तर, उत्तर दिशा, उदीची, 2 देश का उत्तरी भाग; *a* उत्तर का, उत्तरी, उत्तर में रहने वाला, उत्तर में स्थित; **~ light** उत्तर से आने वाला प्रकाश, उत्तरी प्रकाश; **North star** ध्रुवतारा

north-easter, nor'-easter नॉर्थ-ईस्टर *n* उत्तर-पूर्वी हवा

northerly नॉर्दर्लि *a* (of direction etc.) उत्तर, उत्तर का, उत्तरी, उत्तर में स्थित (of wind) उत्तर से आने वाला, उत्तरी

northern नॉर्दर्न *a* उत्तर का, उत्तरी, **~ lights** उत्तरध्रुवीय ज्योति; **~er** *n* उत्तर में रहने वाला उदीच्य; **~most** *a* धुर उत्तर का, धुर उत्तर में स्थित

northward नॉर्थवर्ड *a* उत्तर का, उत्तर में स्थित; ~ly *adv* & *a* उत्तर की ओर, *a* (of wind) उत्तरी, उत्तर से आने वाला

northwards *adv* उत्तर की ओर

norward(s) = northward(s)

nose^{1} नोज़ *n* 1 नाक, नासा, नासिका, *idioms*: to blow one's ~ नाक सिनकना, **to cut off one's nose to spite one's face** किसी से रुष्ट या क्रुद्ध हो कर अपना ही नुक्सान करना; **to follow one's ~** (i) नाक की सीध में जाना, (ii) अन्त: प्रेरणा से काम करना; **to lead s.o. by the ~** किसी को इशारों पर चलाना, किसी की नकेल हाथ में रखना; **to pay through the ~** बेहद महंगा खरीदना, मूडा जाना, ठगा जाना, **to poke, thrust, one's ~ (into sth)** (i) किसी काम में टांग अड़ाना, खामखाह दखल देना, (ii) टोह लगाना, ताक-झांक करना; **to put s.o.'s ~ out of joint** किसी का काम बिगाड़ देना, किसी की योजना पूरी न होने देना; **to speak through the ~** नाक से बोलना, नकियाना; **to turn up one's ~ at** नाक-भौं चढ़ाना, अरुचि व्यक्त करना, पसन्द न करना; **under s.o.'s ~** किसी की आँखों के सामने (उसकी नाराजगी की परवाह न करते हुए), **with one's ~ in the air** बड़े अभिमान से, अभिमानपूर्वक, 2 सूंघने की शक्ति [dog with a good ~], (*fig*, of detectives etc) रहस्य का पता लगाने की योग्यता, 3 नली या धौंकनी आदि का मुंह; नाली की टोंटी, 4 (जहाज का) अग्रभाग, अगला सिरा, 5 *comb*: **~band** लगाम की निचली पट्टी (जो घोड़े की नाक के ऊपर से होकर गाल की पट्टी से जुड़ी रहती है); **~-bleeding** नकसीर; **nosedive** *n* & *vi* (विमान का) मुंह के बल

उतरना; **~ring** (i) बैल आदि की नाक का छल्ला, (ii) नाक का आभूषण, नथ

nose^{2} *vt & i* 1 सूंघना, सूंघ-सूंघ कर (शिकार या किसी चीज़ का) पता लगाना [to ~ out the game], 2 *fig* खोजना, ढूंढ लेना, पता लगा लेना, 3 (*vi*) to **nose at** सूंघना; to **nose about** तलाश करना, ढूंढते फिरना, भेद लेना, टोह लगाना, ताक-झांक करना

nosegay नोज़्गे *n* सुगंधित फूलों का गुच्छा, सुगंधित गुलदस्ता

noser नोज़र *n* समाने की तेज़ हवा

nostalgia नॉस्टैल्जः *n* घर से दूर होने के कारण उदास रहना, घर लौटने के लिए अधीर होना, घर की याद का सताना, गृहातुरता

nostalgic नॉस्टैल्जिक *a* जिसे घर की याद सताती हो, घर लौटने को अधीर, गृहातुर

nostoc नॉस्टॉक *n* समुद्री घास की किस्में

Nostradamus नॉस्ट्रडेमस *n* भविष्यवाणी करने वाला, भविष्यवक्ता

nostril नॉस्ट्रिल *n* नथना, नासारंध्र; **to stink in the ~s of** को बुरा लगना, नागवार गुज़रना

nostrum नॉस्ट्रम *n* 1 कठवैद्य की दवा या नुस्खा, लटका, टोटका, 2 राजनीतिक सुधार या समाज-सुधार की तरकीब या तदबीर

nosy, nosey नोज़ि *a & n* 1 बड़ी नाक वाला (व्यक्ति), नक्कू, 2 विशेष सुगन्ध या दुर्गन्ध वाला, 3 *sl* दूसरों का भेद लेने वाला, तांक-झांक करने वाला

not n't नॉट, *adv* न, नहीं, मत, 1 *arch* I know not = I do not know, 2 (often **n't** joined to word) is not = **isn't**, are not = **aren't**, do not = **don't**, does not = **doesn't**, will not = **won't**, would not = **wouldn't**; shall not = **shan't**, should not = **shouldn't**, 3 **not at all** बिल्कुल नहीं, 4 **not that. . .** यह बात नहीं है कि···, इस का यह मतलब नहीं हैं कि··· [If he said so—not that he ever did—he lied], 5 **not a** एक भी नहीं [Not a hair of your head shall be touched; Not a murmur was heard]; **not a thing** कोई चीज़ भी नहीं, कुछ भी नहीं, बिल्कुल नहीं (also see **a, an, 2**), 6 (in litotes *q.v.*) **not a few** = many, बहुत से; not seldom बहुत बार, बहुधा, प्रायः; The news caused not a little surprise इस समाचार से बहुत ही आश्चर्य हुआ,'7 **not half** (*adv, sl*) बहुत अधिक [Was he annoyed ? Not half] (also see **half**)

nota bene नोटः बेने *vb imper* (*abbr* N.B.) ध्यान दीजिए, ध्यान से देखिए, नोट कर लीजिए

notability नोट-बिलिटि *n* 1 गण्य-मान्य व्यक्ति, बड़ा आदमी; 2 देखने या ध्यान देने लायक चीज़, ख़ास चीज़, मुख्य बात, 3 ध्यान आकर्षण करने की योग्यता, उल्लेखनीयता

notable नोट-बल *a & n* 1 ध्यान देने लायक, ख़ास, विशेष, (of quantity) काफ़ी, पर्याप्त, संलक्ष्य, अनुभवगम्य, 2 (of person) जाना-माना, नामी, प्रसिद्ध, प्रतिष्ठित, *n* जाना-माना या प्रतिष्ठित व्यक्ति; **notably** नोटब्लि *adv* विशेषतः, ख़ास कर

notarize नोटराइज़ *n* नोटरी द्वारा प्रमाणित या तसदीक करना

notary नोटरि (also ~ **public**)*n* लेख या दस्तावेज प्रमाणित करने वाला अधिकारी, लेख्य-प्रमाणक, नोटरी

notation नोटेशन *n* 1 संख्या या मात्रा आदि को प्रतीकों द्वारा सूचित करना, अंकन, अंकनपद्धति, **संकेत-पद्धति, 2 अंक,** संकेत, प्रतीक, 3 *mus* स्वर-लिपि, स्वरपद्धति, स्वरांकन

notch^{1} नॉच *n* 1 दांता, खांचा, कटाव, दरार, 2 क्रमशः बढ़ने वाली गिनती का स्मरण रखने के लिए छड़ी पर बनाया गया दांता, 3 (U.S.) संकरा रास्ता, दर्रा

notch^{2} *vt* 1 दांते या खांचे बनाना, दांतेदार बनाना, दांते डाल कर आरा बनाना, 2 *crick* (इतने) रन बनाना; **~ed** *a* खांचेदार

note^{1} नोट *n* 1 (निर्दिष्ट तीव्रता का कोई एक) स्वर; (पक्षी का) गीत, स्वर, आवाज़, 2 (पियानो का) परदा, 3 बोलने का ढंग जिससे कोई ख़ास संकेत मिले, लहजा, ध्वनि [There is a ~ of impatience in his voice]; **to strike the right ~** ठीक बात करना या ठीक काम करना (जिससे लोगों का अनुमोदन प्राप्त हो); **to strike a false ~** ग़लत बात कहना या ग़लत काम करना (जिससे लोग नाराज़ हो जायें), 4 चिन्ह, निशाना, लक्षण, ख़ास बात, विशेषता [Catholicity is one ~ of the true Church], 5 कलङ्क, लाँछन, बदनामी का टीका [The law has set a ~ of infamy on it], 6 ~ of exclamation विस्मय-चिन्ह; ~ of interrogation प्रश्न-चिन्ह; 7 स्मरणार्थ संक्षिप्त विवरण, **to take (down) notes** लिख लेना, टीप लेना, 8 प्रतिष्ठा, प्रसिद्धि, ख्याति [a critic, philosopher, person, etc of ~], 9 अनौपचारिक या संक्षिप्त पत्र, पर्चा, रुक्का, 10 टिप्पण, टिप्पणी, (ग्रन्थ पर) टीका [Notes on Shakespeare], 11 ध्यान, ख्याल, तवज्जह [It is worthy of ~], **to take note of sth** ध्यान से देखना, ध्यान देना, 12 (रुपयों का) नोट, 13 *comb*: **notebook** स्मरणार्थ टीपने की पुस्तिका, नोट-बुक, **~paper** पत्र लिखने का काग़ज़; **~worthy** ध्यान देने लायक, विशेष, ख़ास

note^{2} *vt* 1 ध्यान देना, ध्यान से देखना, याद रखना, 2 (स्मरणार्थ) लिख लेना, टीप लेना, नोट कर लेना; **noted** *a* प्रसिद्ध, विख्यात, यशस्वी, लब्धप्रतिष्ठ,

नामी, मशहूर

nothing नथिङ्ग *n* & *adv* 1 (followed by *adj*) Nothing new कोई नई बात (या चीज नहीं है; Nothing great is easy कोई बड़ा काम आसान नहीं होता;. 2 कोई चीज नहीं, कुछ नहीं, शून्य [you can't live on ~], 3 निराधार बात, गलत या झूठ बात: **There is nothing in these rumours** ये अफ़वाहें निराधार या झूठी हैं, 4 **nothing less than** कम से कम, इतना तो [We expected nothing less than a general strike], 5 **nothing doing** (*sl*) यह नहीं होने का, यह मुझे स्वीकार नहीं है (also see **do^1, II**), 6 **There is nothing for it but to surrender** आत्मसमर्पण के सिवाय कोई चारा नहीं है; 7 (*indicating leading characteristic*) He is **nothing if not** honest ईमानदारी उसका मुख्य गुण है; 8 **for nothing** बेकार, व्यर्थ [He. kept me waiting for ~; It was not for ~ that he studied the Upanishads], 9 **to make, think, ~ of** मामूली (बात) या तुच्छ (वस्तु, व्यक्ति) समझना; **can make ~ of** (i) समझ न पाना, (ii) काम में न ला सकना; 10 **to have ~ to do with** कोई वास्ता या सरोकार न रखना, 11 (*arith*) शून्य, सिफ़र, **to come to ~** निष्फल होना, बेकार होना, 12 (in *pl* preceded by *adj*) निस्सार या निरर्थक बातें [The lovers whispered soft ~s]; मामूली घटनाएं या बातें [the little ~s of life]; (in *sing* preceded by 'a') नगण्य व्यक्ति [The new chairman was a nothing]; बिल्कुल नहीं, तनिक भी नहीं, कदापि नही, *adv* It avails ~ इस से कोई लाभ नहीं होता, **nothing loath** (set loath)

notice^1 नोटिस *n* 1 सूचना, ख़बर, इत्तला [to give s.o. ~ of sth], to have ~ सूचना पाना या मिलना; **public notice** सार्वजनिक सूचना, 2 तैयारी के लिए दिया गया समय, पूर्वसूचना, **at a moment's notice** बिना तैयारी के, फ़ौरन, तुरन्त; (to do sth) **at short notice** थोड़ा समय पहले बताने पर, 3 चेतावनी, नोटिस, ~ to quit मकान खाली करने का नोटिस, 4 विज्ञप्ति, विज्ञापन, सूचना-पत्र, घोषणा-पत्र, इश्तहार, विज्ञापन-पट्ट, 5 ध्यान, ख्याल, तवज्जह; **to come to ~** ध्यान आकर्षित करना, पता लगना; **to come into ~** दिखाई पड़ना, नज़र से गुजरना; **to take ~ of sth** किसी बात पर ध्यान देना, कोई बात ध्यान में रखना, **to take no ~ of sth** ध्यान से न देखना, ध्यान न देना, परवाह न करना, उपेक्षा करना; **to bring a matter to s.o.'s notice** कोई बात किसी को बताना, किसी की तवज्जह दिलाना; to avoid ~ आंख बचाना, आंख चुराना, 6 *comb*: **notice-board** सूचना-पट्ट

notice^2 *vt* 1 देखना [He didn't ~ me], किसी चीज का) नज़र से गुज़रना, ध्यान देना, ख्याल करना, पता लगाना, 2 के बारे में लिखना, चर्चा करना, टिप्पणी करना, उल्लेख करना [In his speech, he briefly noticed the latest developments]; 3 नोटिस या चेतावनी देना, **~able** *a* जो दिखाई या सुनाई आदि दे सके, इन्द्रियग्राह्य, अनुभूतिगम्य, स्पष्ट, व्यक्त **noticeably** *adv* स्पष्ट या व्यक्तरूप से, साफ़-साफ़

notifiable *a* (of disease) जिसकी स्वास्थ्य-विभाग को सूचना देना आवश्यक हो, विज्ञापनीय

notification नोटिफ़िकेशन *n* सूचना, अधिसूचना, विज्ञापन, घोषणा, एलान; घोषणापत्र

notified नोटिफ़ाइड *a*. ~ **area** अधिसूचित क्षेत्र या इलाका

notify नोटिफ़ाइ *vt* 1 सूचना देना, ख़बर करना, बताना [to ~ s.o. of sth; **to** ~ **that...**; to ~ a birth etc]; 2 घोषणा करना, एलान करना

notion नोशन *n* 1 धारणा, अवधारणा [to form a true ~ of sth], 2 ख्याल, विचार, कल्पना [I have no ~ of what he means], 3 मत, राय, विचार, धारणा [Such is the common ~]; 4 इरादा, विचार, मन में बैठी हुई बात [to have a ~ to do sth], 5 मन की मौज, तरंग, लहर; इच्छा, उद्देश्य; 6 in *pl* (U.S.) छोटी-मोटी फुटकर चीजें, बिसातखाना

notional नोश्नल *a* 1 (of knowledge etc) कल्पना या अनुमान (न कि अनुभूति) पर आधारित, कल्पनात्मक, आनुमानिक, अटकलपच्चू, 2 (of things, relations etc) काल्पनिक, सैद्धान्तिक, ख़्याली

notoriety नोट-राइअ-टि *n* 1 सुविदित होना, ख्याति, प्रसिद्धि; 2 कुख्याति

notorious नोटॉरिअस *a* (of fact) सुविदित, सर्वविदित, प्रसिद्ध, 2 (of person etc) बदनाम, कुख्यात [a ~ smuggler, a ~ place, a ship ~ **for** ill-luck]

notwithstanding नॉट्विद्-स्टैन्डिङ्ग *prep* & *adv* के बावजूद, के होते हुए भी [~ his objections]; *adv* फिर भी, तो भी, तथापि

nought नॉट = naught

noumenal नाउमिनल *a* (f. foll) तात्विक

noumenon नाउमिनन *n* (*pl*-ena) जो बुद्धिग्राह्य हो पर जिसका कोई रूप-रंग न हो, व्यक्त घटना या पदार्थ का आधारभूत बुद्धिग्राह्य अव्यक्त तत्त्व, निरुपाधिक तत्त्व, परमार्थसत् (cf. phenomenon)

noun नाउन *n* (*gram*) संज्ञा, नाम

nourish नरिश *vt* खुराक देना, पालना-पोसना, पालन-पोषण करना, लालन-पालन करना, बड़ा करना, संवर्धन करना, 2 *fig* संजोना, दिल में रखना, मन में जगह देना [to ~ a feeling, to ~ hope etc] **~ing** *a* पोषक, पौष्टिक, बलवर्द्धक, शक्तिदायक

nourishment नरिश्-मन्ट *n* 1 भोजन, आहार, खुराक, पोषक तत्त्व, 2 खुराक देना, पोषण, पालन-

पोषण

nous नाउस *n* 1 *Gk philos* मन, बुद्धि; 2 *colloq* सामान्य बुद्धि, व्यावहारिक बुद्धि, सूझ-बूझ

nouveau riche F नूवो रीश *n* (=new rich) नया अमीर, नव धनिक

novel^1 *a* नया, नये ढंग का, अपूर्व, अभूतपूर्व, अनोखा, अनूठा, विलक्षण, विचित्र, अद्भुत, अजीब

novel^2 नॉवल *n* उपन्यास

novelette नॉव-लेॅट *n* लघु उपन्यास, उपन्यासिका

novelist नॉव-लिस्ट *n* उपन्यासकार

novelization *n* (see foll) उपन्यासीकरण

novelize नॉवलाइज़ *vt* (नाटक या घटनाओं को) उपन्यास का रूप देना, उपन्यास रचना या लिखना

novelty नॉवल्टि *n* 1 नई या अपूर्व या विलक्षण बात या घटना, 2 *commerc* नई चीज़, नया माल, 3 नवीनता, नयापन, निरालापन

November नवेॅम्बर *n* नवम्बर, अंग्रेजी कैलंडर का ग्यारहवां महीना (लगभग मध्य कातिक से मध्य मार्गशीर्ष तक)

novice नॉविस *n* 1 *eccl* संप्रदाय-विशेष में दीक्षा पाने से पहले योग्यता प्रमाणित करने के लिए मठ में रहने वाला व्यक्ति 2 नवदीक्षित व्यक्ति, 3 अनुभवहीन व्यक्ति, नातजुर्बेकार आदमी, नौसिखिया [to be a ~ **in**, **at**, sth]

noviciate, novitiate नो-विशिअट *n* 1 नवदीक्षित व्यक्ति का परिवीक्षा-काल [to go through one's ~], 2 नवदीक्षित व्यक्ति, 3 नवदीक्षितों का निवास-स्थान या डेरा

novocaine नोव-केन *n* (शरीर के अङ्ग को) सुन्न करने की दवा, नोवोकेन

now नाउ *adv*, *conj* & *n* 1 अब, इस समय, वर्तमान स्थिति में, (U.S.) **Right now** इसी समय, फ़ौरन्, तुरन्त; 2 **(every) now and then, (every) now and again,** थोड़ी-थोड़ी देर बाद, बीच-बीच में, 3 (in narrative) उस समय, तब, फिर, इसके बाद [It was now clear; Caesar now marched east], 4 (*without temporal force, giving various tones to the sentence*) भला, तो, कहिए, ख़बरदार आदि [Now what do you mean by it? No nonsense now!]; *conj.* **now (that)** अब जब कि, अब चूंकि, Now (that) you mention it, I do remember]; *n* यह समय, वर्तमान (समय), by now, until now, upto now अबतक

nowaday नाउ-अडे *a* (f. foll) आजकल का

nowadays *n* & *adv* आजकल, वर्तमान युग (में), इन दिनों

Nowel, Noel नो-ऍल *n* & *int* ईसा का जन्मोत्सव; क्रिसमस; *int* क्रिसमस के गीतों के आनन्द का सूचक शब्द, वाहवाह ! हुर्रे

nowhere नो-वेॅअर *adv* कहीं नहीं, **nowhere near** के लगभग या आसपास बिल्कुल नहीं, बहुत पीछे, बहुत कम; **to be, come in, nowhere** (प्रतियोगिता में सफल व्यक्तियों या दौड़ में जीतने वालों में) नाम न होना; **to get** ~ प्रगति न करना [We're getting ~]; Such tactics will get you ~ ऐसी चालों से तुम्हारा कुछ बनेगा नहीं

noxious नॉक्षस *a* 1 हानिकर, अनिष्टकर, अनिष्ट, बुरा, खराब, 2 (of plant) विषैला, ज़हरीला, 3 (of air) दूषित, विषाक्त

nozzle नॉज़ल *n* (पाइप या नली के मुँह पर लगाने की) टोंटी, थुथुना, मुहनाल, (पिचकारी की) चंचु, तुंड

nuance न्यू-अन्स *n* (रंग, अर्थ, भावना, मत, रंग आदि का) सूक्ष्म अन्तर, अवान्तर भेद; nuance of colour एक ही रंग की (न्यूनाधिक गहराई की) भिन्न-भिन्न आभाएं, रंग के अवान्तर भेद

nub नब, **nubble** नबल *nn* 1 (कोयले आदि का) छोटा डला या ढेला या खंड, 2 (**nub** *only*) सारांश, निचोड़ [nub of the matter *or* story]

nubile न्यूबाइल *a* (esp of women) विवाह-योग्य, पत्नी बनने योग्य; **nubility** न्यूबिलिटि *n* विवाहयोग्यता

nuchal न्यूकल *a* गर्दन के पिछले भाग का, कंधरा का

nuclear न्यूक्लिअर *a* (f. nucleus) 1 अणु की नाभि का, अणु की नाभि से संबधित, नाभिकीय, 2 केन्द्रीय, 3 *comb:* ~ **bomb** परमाणु बम; ~ **disarmament** परमाणु-अस्त्रों का परित्याग, आणविक निरस्त्रीकरण ; ~ **energy** परमाणु ऊर्जा; ~ **family** पिता, माता और सन्तान; मूल परिवार ; ~ **fuel** परमाणु-ऊर्जा देने वाला तत्त्व (*e.g.* uranium thorium, etc), परमाणु ईंधन, ~ **power** (i) परमाणु-ऊर्जा से प्राप्त (विद्युत्) शक्ति, (ii) परमाणु-अस्त्रों वाला देश, परमाणु-राष्ट्र; ~ **(-powered)** *a* (of ship) परमाणु शक्ति-चालित

nucleolus न्यूक्लीअ-लस *n* *biol* बीज का केन्द्र, कोशाणु का केन्द्र, केन्द्रिक

nucleus न्यू-क्लिअस *n* 1 *phys* अणु का घनविद्युत्-युक्त केन्द्रीय भाग, नाभि, नाभिक; 2 *astron* धूमकेतु का तारे-जैसा अगला सिरा, धूमकेतुशीर्ष, 3 *biol* बीज का केन्द्र, बीज-केन्द्र, वनस्पति या प्राणी के कोशाणु का केन्द्र, केन्द्रक, 4 समूह या समुदाय का केन्द्र [~ of a community], 5 मूल वस्तु जिसका बाद में विस्तार या विकास हो सके, बीज, अङ्कुर, शुरुआत [~ of a library; There is a ~ of dissidence in the party]

nude न्यूड *a* & *n* 1 नंगा, नग्न, वस्त्रहीन, विवस्त्र, 2 त्वचा के रंग का [*esp* nude stockings]; *n* नग्न (व्यक्ति का) चित्र अथवा मूर्त्ति; **the nude** (i) नग्न या विवस्त्र व्यक्ति, (ii) नग्न

अवस्था, in the ~ नग्न

nudge नज *vt* & *n* (ध्यान आकर्षित करने के लिए) कोहनी मारना; *fig* ध्यान आकर्षित करना, *n* कोहनी का हल्का आघात, कोहनी मारना, कोहनी लगना

nudism न्यू-डिज़म *n* नग्न रहने का सिद्धान्त या रिवाज, नग्नतावाद, **nudist** *n* नग्न रहने वाला, नग्नतावादी

nudity न्यूडिटि *n* नग्नता, नंगापन, वस्त्रहीनता, विवस्त्रता

nugatory न्यूग-टरि *a* 1 मामूली, तुच्छ, निकम्मा, बेकार, व्यर्थ, ~ expenditure निरर्थक व्यय, 2 अवैध, अमान्य, रद्द

nugget नगिट *n* (प्राकृतिक अवस्था में मिला) सोने का डला

nuisance न्यू-सन्स *n* 1 व्यक्ति या समाज को हानि पहुंचाने वाली बात (जिसे रोकने के लिए कानून का सहारा लिया जा सके); **commit no nuisance** इस जगह को गन्दा मत करो, यहां कूड़ा-करकट मत फेंको, 2 (i) घृणित व्यक्ति, पाजी, कंटक, (ii) बदबूदार चीज़, (iii) तंग करने वाली या दुःखदाई बात, आफ़त, बला, बबाल, **nuisance value** तंग या परेशान करने की क्षमता

null नल *a* शून्य, निष्प्रभाव, प्रभावरहित; अवैध, अमान्य, रद्द, अप्रवर्ती; **null and void** अप्रवर्ती और निष्प्रभाव, अकृत और शून्य

nullah नलः *n* (Anglo-Ind.) नाला

nullification *n* (see foll) 1 निष्प्रभाव किया जाना, 2 मंसूखी

nullify नलि-फ़ाइ *vt* 1 निष्प्रभाव करना, बे-असर करना, निष्फल करना, मिटाना, 2 (कानून, विधान, आदि) रद्द करना, मंसूख करना

nullity नलिटि *n* मंसूख या रद्द किया जाना, मंसूखी [*esp* ~ of marriage], अवैधता, अमान्यता 2 अभिलेख आदि जो रद्द या मंसूख हो चुका हो, 3 **a nullity** नगण्य व्यक्ति; बेकार या निकम्मी चीज़, 4 शून्यता

numb^{1} नम *a* 1 सुन्न, जड़ीभूत, चेतनाशून्य, ठिठरा हुआ [hands ~ with cold], 2 **numbfish** एक प्रकार की मछली जो विद्युत्-किरण से अपने शिकार को सुन्न कर देती है, विद्युत्किरणयुक्त मछली, टारपीडो (नाम की) मछली, 3 **numbskull** =numskull; **numbness** *n* 1 (of limb) चेतनाहीनता, जड़ता, निश्चेष्टता; (of mind) स्तब्धता, जड़ता

numb^{2} *vt* 1 सुन्न कर देना, चेतनाहीन करना, 2 *fig* हक्का-बक्का या भौचक्का कर देना, स्तब्ध कर देना [~ed with grief etc]

number^{1} नम्बर *n* 1 *arith* (i) संख्या, (ii) अंक, **whole ~** पूर्ण संख्या, science of numbers अंकगणित, 2 **a (large, small) ~ of men** बहुत से, थाड़े से, आदमी [They were present in great *or* in small *or* in ~s]; The sense organs are five in ~ ज्ञानेन्द्रियों की संख्या पांच है, ज्ञानेन्द्रियां पांच हैं; **to the ~ of** (संख्या में) इतने [to the ~ of 60 etc]; **without number** असंख्य, times without ~ असंख्य बार, (in *pl*) **numbers** बड़ी संख्या, संख्या की अधिकता [to win by (force of) ~s]; 3 संगति, साथ, **is of our ~** हमारी साथी है, हमारी पार्टी में है ; 4 अंक, नम्बर, (पत्रिका का) अंक, **back number** (i) पत्रिका का पुराना या पिछला अंक, (ii) पुराने समय की या पुरानी चीज़; दकियानूसी आदमी, 5 (written as No.) (कमरे, मकान, मोटर आदि का) नम्बर; **No. 10, Downing Street** ब्रिटिश प्रधानमन्त्री का सरकारी निवास(-स्थान); 6 *gram* वचन [singular, plural, ~], 7 (in *pl*) (i) संगीत के स्वर [soft numbers], (ii) *arch* पद्य, कविता [Tell me not in mournful ~s]; **~less** *a* असंख्य, अनगिनत, बेशुमार

number^{2} *vt* 1 गिनना, **His days are numbered** उसे थोड़े ही दिन और जीना हैं, उसका अन्त दूर नहीं है; 2 **to ~ s.o. among** one's friends किसी को अपने मित्रों में गिनना या शामिल करना, अपना मित्र समझना, 3 (इतनी संख्या में) होना, (इतने) होना [The competitors ~ fifty]; 4 नम्बर लिखना या डालना या लगाना [The streets are ~ed]

numerable न्यूम-र-ब्ल *a* जिसे गिना जा सके, गणेय, संख्येय

numeral न्यूमरल *n* & *a* अंक, संख्या, *a* संख्या का, संख्यात्मक; संख्यावाचक

numeration न्यूमरेशन *n* 1 गिनने की क्रिया या विधि, गणना; गणना-विधि, 2 परिकलन, 3 नम्बर डालना या लगाना, 4 *arith* अंको को शब्दों में लिखना

numerator न्यूमरेटर *n* 1 *arith* भिन्न में रेखा के ऊपर की संख्या, भाज्य (*e.g.* 3 in 3/4), 2 गिनने वाला आदमी, गणक

numerical न्यू-मे`रिकल *a* 1 संख्या सूचित करने वाला, संख्यावाचक, संख्यावाची, 2 संख्यात्मक, संख्या पर आधारित, 3 **numerical strength** संख्या, गिनती; **~ly** *adv* संख्या में, संख्या की दृष्टि से

numerologist न्यूम-रॉ`ल-जिस्ट *a* अंकविद्याविशारद; **numerology** न्यूम-रॉ`ल-जि *n* अकों (वि० व्यक्ति की जन्मतिथि के अंकों) के आधार पर भविष्यवाणी करने की विद्या, अंकविद्या

numerous न्यूमरस *a* 1 (with *pl* nouns) बहुत, बहुत से, अनेक [his ~ friends;] 2 जिसमें बहुत से व्यक्ति या वस्तुएं हों, बहुसंख्यक, बहुत बड़ा, विस्तृत, [a ~army, family, etc]

numismatic न्यूमिज़्मैटिक *a* मुद्रा का, सिक्कों का, सिक्कों पर आधारित, सिक्कों तथा पदकों का [~ evidence]; **~s** *n* मुद्राशास्त्र, सिक्कों की विद्या; **numismatist** न्यूमिज़्मटिस्ट *n* मुद्राशास्त्री, मुद्राविज्ञानी

nummary नमरि *a* मुद्रा का, मुद्रा-संबंधी, मुद्रा में,

मुद्रागत

numskull नम्स्कल *n* मूर्ख, बुद्धू, जड़मति

nun नन *n* 1 (ईसाई) मठ में रहने वाली व्रतचारिणी स्त्री, मठवासिनी, भिक्षुणी, संन्यासिनी, 2 **~'s cloth, ~'s veiling** महीन ऊनी कपड़ा

nunciature नन्श-टयुअर *n* 1 पोप के दूत का पद या कार्यकाल, 2 पोप के दूत का निवास, नंसियो-आवास

nuncio नन्सिओ, नन्शिओ *n* (विदेशी राजदरबार में) पोप का दूत या प्रतिनिधि

nuncupate नन्क्यूपेट *vt* ज़बानी कहना, ज़बानी वसीयत करना; **nuncupation** *n* ज़बानी वसीयत; **nuncupative** नन्क्यूप-टिव *a* ज़बानी, मौखिक, वाचिक

nunnery ननरि *n* (ईसाई) संन्यासिनियों का आश्रम या मठ या विहार, भिक्षुणी-विहार

nuptial नप्शल *a & n* विवाह का, शादी का, वैवाहिक; **~s** (*n pl*) विवाह, विवाह संस्कार, विवाहोत्सव

nurse^{1} नर्स *n* 1 (usu **wet-~**) दूसरे के बच्चे को दूध पिलाने और पालने वाली स्त्री, दाई, धात्री, धाय, अन्ना [**to put a baby (out) to nurse**], **dry nurse** बच्चों की देखभाल करने वाली धाय, 2 (रोगियों की सेवा-शुश्रूषा करने वाली) परिचारिका, उपचारिका, नर्स ; **male nurse** परिचारक, 3 *comb*: **~-child** (माता के सिवाय किसी के द्वारा) पालित सन्तान, पोष्य पुत्र या पुत्री

nurse^{2} *vt* 1 (i) (बच्चे को) स्तनपान कराना, दूध पिलाना [to ~ a child], (ii) पालन-पोषण करना, बड़ा करना; to be ~d in luxury ऐश-आराम में पलना; 2 (रोगी की) सेवा-शुश्रूषा या परिचर्या करना, 3 (पौधों आदि की) देखभाल या रक्षा करना, 4 (बच्चे को) गोद में उठाना, लाड़-प्यार करना, 5 (कला, योजना आदि को) प्रोत्साहन देना, विकास या पनपने में सहायता देना; 6 (कोई भावना) दिल में रखना [to ~ a feeling, grievance, etc]; 7 to ~ a constituency अपने निर्वाचन-क्षेत्र के लोगों को सेवा द्वारा प्रसन्न रखना

nursery नर्सरि *n* 1 (बच्चों और उनकी धात्रियों) का कमरा, शिशुशाला, शिशु-सदन, 2 किसी गुण के पनपने या विकास के लिए उपयुक्त स्थान या वातावरण, 3 पौधघर, ज़खीरा, रोपणी, नर्सरी, 4 मछली पालने का तालाब, 5 पशुसंवर्धन-केन्द्र, 6 **~ rhyme** बच्चों के लिए (परम्परागत) गीत, शिशु-गीत; **nursery school** शिशु-विद्यालय

nursing नर्सिङ्ग *n & a* (बच्चों का) लालन-पालन, रोगियों की सेवा-शुश्रूषा, उपचर्या, परिचर्या, *a* 1 दूध पिलाने वाली [~ mother], 2 सेवा-शुश्रूषा या परिचर्या करने वाला, परिचारक [~ staff], 3 **nursing home** परिचर्यागृह, उपचारगृह, अस्तपाल, नर्सिंग होम

nurture नर्चर *n & vt* 1 पालन-पोषण, लालन-पालन, देखभाल, 2 शिक्षा-दीक्षा, 3 भोजन, आहार, खुराक, *vt* 1 खुराक देना, पालन-पोषण करना, देखभाल करना, 2 शिक्षा देना, पढ़ाना-लिखाना, 3 पनपने या विकास में सहायता देना

nut नट *n* 1 (अखरोट, बादाम, नारियल, सुपारी आदि) गिरीदार फल, काष्ठफल, दृढ़फल; *idioms*: **for nuts** ज़रा भी ठीक से, He can't shoot, sing, etc. for nuts उसे बन्दूक चलाना, गाना आदि बिल्कुल नहीं आता; **a hard** *or* **tough nut to crack** (i) कठिन समस्या, टेढ़ी खीर, (ii) व्यक्ति जिससे निपटना मुश्किल हो, बेढब आदमी, (in *pl*) **nuts** *a* पागल, अत्यन्त उत्सुक; to **be nuts on s.o., sth** (i) किसी पर मुग्ध या लट्टू होना, (ii) किसी बात का बहुत शौक होना; किसी काम में दक्ष या सिद्धहस्त होना, 2 (*sl*) सिर, **to be off one's nuts** पागल होना, 3 ढिबरी; **~s and bolts** (*fig*) आवश्यक या बुनियादी बातें [to learn the ~s and bolts of a new job], 4 (in *pl*) *commerc* कोयले के छोटे टुकड़े (also **nut coal**); 5 *comb*: **nut-cracker** (usu in *pl*) अखरोट या बादाम आदि तोड़ने का (सरौते-जैसा) यन्त्र; **nutshell** *n* (बादाम आदि का) कड़ा छिलका; *fig* अति संक्षेप, सार, सारांश, **in a nutshell** थोड़े शब्दों में [That's the whole thing in a nut-shell]

nutant न्यूटन्ट *a* (of plant) झुका हुआ, मुरझाया या कुम्हलाया हुआ

nutation न्यूटेशन *n* 1 (see prec.) 2 (*astron*) पृथ्वी की धुरी का झूल जाना, अक्ष-दोलन, अक्ष-विचलन, 3 बढ़ते हुए पौधे के डंठल का टेढ़ापन, झुकना

nutmeg नट्मेग *n* 1 जायफल, जातिफल, 2 **~ liver** जिगर की विकृत अवस्था

nutria न्यूट्रिअ *n* दक्षिण-अमरीकी ऊदबिलाव की खाल

nutrient न्यू-ट्रिअन्ट *n* 1 पोषक, पुष्टिकर, 2 पोषक तत्त्व पहुंचाने वाली (नाड़ी या छिद्र) [~ artery or foramen]

nutriment न्यूट्रिमन्ट *n* पोषक आहार; (*fig*) पोषण, संवर्धन, लालन-पालन

nutrition न्यू-ट्रिशन *n* 1 खुराक, भोजन, आहार, पोषाहार, पोषक तत्व, 2 खुराक आदि दिया जाना या मिलना, पोषण; **~al** *a* आहार या पोषण का, खुराक का, पोषण-संबंधी; पोषक [~al value]; **~ist** *n* पोषणविज्ञानी, पोषणविद्

nutritious न्यू-ट्रिशस *a* पोषक, पौष्टिक पुष्टिकर

nutritive न्यू-ट्रिटिव *a & n* 1 = nutritious 2 पोषण-संबंधी; *n* आहार, भोजन, खाद्य

nutty नटि *a* 1 जिसमें अखरोट, बादाम आदि के मग़ज़ बहुत हों, 2 गिरी या मग़ज़ के स्वाद वाला, 3 *sl* आसक्त, मुग्ध, लट्टू

nux vomica नक्स् वॉमिकः *n* वृक्ष-विशेष के विषैले बीज, कुचला

nuzzle नज़ल *vi* 1 सूंघना, सूँघ कर पता लगाना, (of pig etc) थूथन घुसेड़ कर ढूंढना, 2 किसी चीज़ पर नाक रगड़ना; किसी से इस तरह चिपटना कि उसके किसी अंग से नाक दब जाये, नाक घुसेड़ना [to ~ **into, against,** s.o.'s shoulder]; 3 दुबक रहना

nyctalopia निक्ट-लोपिअ *n* 1 रतौंधी, 2 दिन में स्पष्ट न देख सकना, दिवान्धता

nylghau निल्गॉं *n* नीलगाय [f. Hindi]

nylon नाइलोॅन *n* एक प्रकार का बहुत पक्का कृत्रिम कपड़ा

nymph निम्फ़ *n* 1 नदी, पर्वत, वन, समुद्र आदि में रहने वाली देव-तुल्य कुमारियां; अप्सरा, वनदेवी, किन्नरी, परी, 2 *poet* सुन्दर युवती, सुन्दरी, 3 कोषावस्था में पंतगा, कोष, प्यूपा

nympholepsy निम्फ़-लेॅप्सि *n* दुर्लभ वस्तु पाने की उत्कट अभिलाषा (से होने वाला उन्माद); अप्राप्य विषय-आग्रह

nympholept निम्फ़-लेॅप्ट *n* अप्राप्य वस्तु के लिए दीवाना

nymphomania निम्फ़-मेनिअ *n* (*path*) (स्त्रियों में) अदम्य कामेच्छा, कामोन्माद; ~**c** *a* कामोन्मादिनी

nystagmus निस्-टैग्मस *n* (खान-मजदूरों में प्रायः पाया जाने वाला) आंखों के ढेलों के बराबर घूमते रहने का रोग, अक्षिघूर्णन

Oo

O, o ओ 1 अंग्रेज़ी वर्णमाला का पन्द्रहवां वर्ण ; 2 चक्र, दायरा, 3 (in telephone numbers) शून्य, सिफ़र ; *abbrs*: **O.A.S.** (Organization of American States, comprising the U.S., Mexico, Haiti, the Dominican Republic, and the republics of Central and South America) अमरीकी राष्ट्रों का संगठन, अमरीकी राष्ट्र-संगठन; **O.A.U.** (Organization of African Unity) अफ़्रीकी एकता संगठन; **O.C.** (Officer Commanding) कमान अफ़सर; **O.E.C.D.** (Organization for Economic Cooperation and Development) आर्थिक सहयोग तथा विकास संगठन; **O.I.G.S.** (On India Govt. Service) भारत सरकार के सेवार्थ; **O.K.** (all correct) **O.P.E.C.** (Organization of Petroleum Exporting Countries) पेट्रोलियम निर्यातक (देशों का) संगठन

O, oh ओ *int* 1 संबोधन से पहले लगने वाला शब्द, हे! O God ! हे भगवन् ! 2 विस्मयादिबोधक अरे ! Oh, is that so ? अरे! क्या यह बात है?

O' *prep* (short **for** of) *e.g.* o' clock; (*colloq*) cup o' tea

oaf ओफ़ *n* (*pl* ~**s, oaves**) 1 महामूर्ख, उल्लू, अहमक, 2 देहाती, गँवार, उजड्ड आदमी, अनाड़ी आदमी; ~**ish** *a* मूर्ख, गँवार

oak ओक *n* 1 अनेक प्रकार के पेड़ों और झाड़ियों का जातिवाचक नाम, 2 oak (-tree) बलूत, शाहबलूत, बांज, 3 शाहबलूत की लकड़ी या पत्ते, 4 (at universities) एक साथ के कमरों का बाहरी दरवाज़ा, **to sport one's oak** बाहर का दरवाज़ा बन्द रखना (ताकि कोई मिलने न आ सके); 5 **the Oaks** ऐप्सम (Epsom) में होने वाली तीन वर्ष की घोड़ियों की दौड़; 6 ~**-wood** (i) शाहबलूत का जंगल, (ii) शाहबलूत की लकड़ी, **oaken** *a* शाहबलूत का

oakum ओकम *n* पुरानी रस्सियों को तार-तार कर के निकाला गया सन (जो जहाज़ की दरार भरने के काम आता है), पुराना सन; **to pick** ~ पुरानी रस्सियों से सन निकालना

oar ऑर *n* & *vt* 1 चप्पू, डांड़, *idioms*: **to have an** ~ **in** (किसी मामले में) दख़ल होना; to pull at the ~s, to ply the ~s चप्पू लगाना या चलाना, **to pull a good** ~ कुशल नाविक होना, **to rest on one's oars, to lie on one's** ~**s** चप्पू चलाना बन्द कर देना, सुस्ताना; (*fig*) परिश्रम द्वारा सफलता या यश प्राप्त करके कुछ समय विश्राम करना, आगे कोशिश छोड़ देना, छुट्टी मनाना, **to put in one's oar, to put one's oar in** बिना मांगे सलाह देना, हस्तक्षेप करना, टांग अड़ाना; 2 चप्पू चलाने वाला, मांझी [is a good, bad, ~], *vi* & *t* चप्पू लगाना या चलाना, *vt* to oar a boat नाव चलाना या खेना

oarsman ऑर्ज़्मन *n* चप्पू चलाने वाला, मल्लाह, मांझी, नाविक, केवट (fem. **oarswoman**), ~**-ship** *n* चप्पू लगाने या नाव चलाने की कुशलता, कुशल नाविकता

oasis ओ-एसिस *n pl* oases (ओएसीज़) मरुभूमि में हरा भरा प्रदेश, शाद्वल, मरुद्यान, नख़लिस्तान

oast ओस्ट *n* (बियर में कड़वाहट पैदा करने के काम आने वाली लता-विशेष (hop *n*, *q.v.*) को सुखाने की) भट्टी

oat ओट *n* 1 जई (का पौधा या अनाज), **to be off one's ~s** (*colloq*) भूख न होना या लगना 2 **wild oat** जई की तरह की लंबी घास, **to sow one's wild oats** समझदार होने से पहले जवानी में) गुलछर्रें उड़ाना; ख़रमस्तियां करना, 3 *comb:* **oat-cake** जई की पतली रोटी, **oatmeal** जई का आटा, जई का दलिया; **oaten** *a* जई का, जई के आटे का

oath ओथ *n* 1 शपथ, सौगंध, कसम, हलफ, **to take an, the, oath** शपथ खाना, कसम खाना, हलफ़ उठाना; to administer the oath to s.o. किसी को शपथ दिलाना; **on** *or* **under oath** शपथपूर्वक, शपथ खा कर, 2 (i) (ईश्वर का नाम लेकर दिया गया) शाप, (ii) ईश्वरनिन्दा, बकवास

obduracy ऑब्-ड्युरसि *n* 1 हृदय की कठोरता, निष्ठुरता, 2 ज़िद्दीपन, ढिठाई, दुराग्रह, 3 पश्चात्ताप न करना, ऐसा स्वभाव, पश्चात्तापहीनता

obdurate ऑब्-ड्युअरिट *a* 1 कड़ा, पक्का, कठोर-हृदय, निष्ठुर, न पसीजने वाला, 2 ढीठ, ज़िद्दी, बात न मानने वाला, अड़ियल, दुराग्रही, 3 पश्चात्ताप न करने वाला, पश्चात्तापहीन

obedience अबीडिअन्स *n* 1 आज्ञापालन (करने की प्रवृत्ति), आज्ञाकारिता, ~ **to the law** कानून मानना, कानून का पालन, 2 **in ~ to your orders** आपके आदेशानुसार

obedient अबीडिअन्ट *a* आज्ञाकारी, वशवर्ती, बात माननेवाला, विनीत

obeisance ओबेसंस *n* 1 बड़े के प्रति आदर व्यक्त करने के लिए झुकना या हाथ जोड़ना, अभिवादन, नमस्कार, प्रणाम to make an ~, to do *or* pay ~, to s o किसी को सादर प्रणाम करना, 2 आदर, सम्मान, श्रद्धा, श्रद्धांजलि; **to make, do, pay, ~ to s.o.** किसी की अधीनता स्वीकार करना

obelisk ऑबलिस्क *n* 1 चौकोर मीनार जो ऊपर की ओर क्रमश: पतला होता गया हो, सूची-स्तंभ, 2 (also **obelus**) (i) प्राचीन पांडुलिपियों में प्रक्षिप्त पाठ का चिन्ह (—, ÷), (ii) हाशिये में लिखे शब्दों का संकेत (†); **double ~** (‡)

obelus ऑबलस =obelisk 2

obese ओबीस *a* मोटा, फूला हुआ, स्थूलकाय; **obesity** ओ-बीसिटी *n* मुटापा, मोटापा, मोटापन, स्थूलता

obey अबे *vt & i* **1** किसी की आज्ञा मानना, [to ~ s.o.]; आज्ञा मानना, आज्ञा का पालन करना, हुक्म की तामील करना [to ~ orders], 2 इच्छा आदि से) प्रेरित होना [to ~ an impulse etc]

obfuscate ऑब्-फ़स्केट *vt* 1 (मन में) भ्रांति पैदा करना, मतिभ्रम पैदा करना, (अक्ल पर) परदा डालना, [to ~ one's mind, reason etc], 2 किंकर्तव्यविमूढ़ करना, चकराना; **obfuscation** *n* भ्रांति, भ्रम; किंकर्तव्यविमूढ़ता

obiit ऑबि-इट (L. *vi, 3rd sing pt*) *abbr ob* (अमुक तिथि को) स्वर्गवासी हुआ

obiter dictum L ऑबिटर डिक्टम *n* (*pl* ~**a**) (जज़ आदि की, प्रासंगिक उक्ति

obituary अ-बिचुअरि *n & a* 1 (वि० समाचार-पत्र में) मृत्यु-समाचार, 2 मृतक की संक्षिप्त जीवनी, *a* मृत्यु का, मृत्यु-विषयक [~ notice]

object^{1} ऑब्जिक्ट *n* 1 (i) इन्द्रियों का विषय (*i.e.* रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, शब्द), पदार्थ, वस्तु, (ii) *metaphys* मन का विषय, मन या आत्मा से व्यतिरिक्त तत्त्व, (iii) अध्ययन आदि का विषय [The Gita is the ~ of his study], 2 (दया, सहानुभूति, उपहास आदि का) पात्र, भाजन [object of, for, pity or charity; object of ridicule]; 3 उद्देश्य, लक्ष्य, प्रयोजन, अभिप्राय, मतलब [with this object in view], 4 **No object** (*formula in advertisements etc*) ख्याल या परवाह या महत्त्व या सवाल नहीं है; Expense is no object खर्च की कोई परवाह नहीं है; **5** *gram* कर्म, 6 *comb:* **~-glass, ~-lens** दूरबीन आदि का वह शीशा जो वीक्षणीय पदार्थ के निकट होता है, अभिदृश्य लेन्स, अभिदृश्यक, **object-lesson** सामने रखे पदार्थ के विषय में शिक्षा, वस्तुनिष्ठ पाठ, सोदाहरण पाठ या शिक्षा, *fig* (किसी बात का) प्रत्यक्ष दृष्टान्त, ज्वलन्त उदाहरण, अनुकरणीय उदाहरण [His courage is an object lesson to others]

object^{2} अब्जेक्ट *vt & i* **1 to ~ (against s.o.) that** किसी के विरुद्ध कोई बात कहना, किसी पर एतराज उठाना [I ~ (against him) that he is not a member; It was objected that he was not a member]; 2 *vi* आपत्ति करना या उठाना, विरोध करना, बुरा मानना, नापसन्द करना [**to ~ to (doing)** sth]

objectify अब्जेक्टिफ़ाइ *vt* मूर्तरूप में प्रस्तुत करना, मूर्तरूप देना, इन्द्रियग्राह्य बनाना

objection अब्जेक्शन *n* 1 आपत्ति, एतराज़ [to raise an ~]; 2 **to take ~ to sth** किसी बात पर नाराज होना, बुरा मानना, नापसन्द करना,; **~able** *n* 1 आपत्तिजनक, 2 अवांछनीय, अप्रिय, नागवार, बुरा

objective अब्जेक्टिव *a & n* 1 *philos* जिसका संबंध मन या इन्द्रियों के द्वारा ग्रहण किये गये तत्त्व से हो न कि मन या मनन करने वाले से, मनोबाह्य, 2 वस्तुगत, वस्तुनिष्ठ, वस्तुपरक, विषयनिष्ठ, वास्तविक, तात्त्विक, 3 यथार्थ, पक्षपातरहित, निष्पक्ष, 4 कर्तृनिरपेक्ष, व्यक्तिनिरपेक्ष [~method], **5** *gram* कर्मविषयक; **~ case** कर्मकारक, 6 (*mil*) **objective point** (सेना का) गन्तव्य स्थान, लक्ष्य, *n* उद्देश्य, लक्ष्य

objectiveness, objectivity *nn* (see objective 2, 3) वस्तुपरकता, वस्तुनिष्ठता, विषयनिष्ठता,

वास्तविकता, यथार्थता, निष्पक्षता

objector अब्-जे॑क्टर *n* एतराज़ करने वाला, आपत्तिकर्ता, **conscientious ~** सिद्धान्त या अन्तःकरण की प्रेरणा के आधार पर (सैनिक भरती या टीके आदि का) विरोध करने वाला, सैद्धान्तिक आपत्तिकर्त्ता

objurgate ओ॑ब्-जर्गेट *n* डांटना, फटकारना, झिड़कना, भर्त्सना करना, बुरा भला कहना; **objurgation** *n* डाँट, फटकार, धिक्कार, भर्त्सना, लानत-मलामत

oblate^{1} ओ॑ब्लेट *n* (*eccl*) साधु-सन्यासी, भिक्षु

oblate^{2} *a* (*geom*) (of spheroid) दोनों सिरों पर चपटा (cf. prolate)

oblation अब्लेशन *n* 1 देवता या ईश्वर को समर्पित वस्तु, नैवेद्य, चढ़ावा, 2 बलि, आहुति, बलि-पशु, 3 (धर्मार्थ) दान; **~al, oblatory** *aa* बलि का

obligation ओ॑ब्लि-गेशन *n* 1 कर्तव्य, भार, बाध्य या पाबन्द होना, बाध्यता, पाबन्दी, **to put, lay, s.o. under an ~ to do sth** किसी को बाध्य करना; **to be under an ~ to do sth** बाध्य होना; 2 एहसान, उपकार, कृपा, आभार, **to put, lay, s.o. under an ~** किसी पर एहसान या उपकार करना; **to be under an ~ to s.o.** किसी का आभार मानना या आभारी होना, 3 (i) करार, वायदा, वचन, जिम्मेवारी, बन्धन, (ii) *commerc* देनदारी, ऋण, कर्ज [to meet one's ~s]

obligatory ओ॑ब्लिगेट्रि *a* बाध्य करने वाला, बाध्यकारी, बन्धनात्मक, आवश्यक, अवश्यकरणीय, अनिवार्य, लाज़िमी

oblige अब्लाइज *vt* 1 बाध्य करना, मजबूर करना, पाबन्द करना [in *pass*: to be ~d to do sth], 2 (किसी पर) कृपा करना, अनुग्रह करना, मेहरबानी करना [to ~ s.o.]; (in *pass*) to be ~d to s.o. आभारी होना, एहसान मानना, 3 प्रसन्न या खुश करना [to ~ s.o. by doing sth *or* with sth]

obligee ओ॑ब्लिजी *n* (*law*) व्यक्ति जिसके प्रति कोई दूसरा वचनबद्ध हो, जिसके साथ करार किया गया हो, बाध्यताकारी

obliging अब्लाइजिङ्ग *a* 1 मान लेने वाला, काम कर देने वाला, भला करने वाला, सेवा-सहायता करने को तैयार, मेहरबान, 2 शिष्ट, विनीत, शालीन; **~ness** *n* सेवा या सहायता या उपकार करने की प्रवृत्ति, सौजन्य, शिष्टता

oblique अब्लीक *a* 1 तिरछा, तिर्यक्, वक्र, टेढ़ा, 2 लक्ष्य की ओर सीधा न जाने वाला, अप्रत्यक्ष, घुमाव-फिराव का, 3 **~ angle** समकोण से भिन्न कोण (न्यूनकोण अथवा अधिककोण); **~ly** *adv* 1 तिरछा होकर, 2 अप्रत्यक्ष रूप से

obliqueness, obliquity अब्लिक्विटि *nn* 1 तिरछापन, तिर्यक्ता, 2 अप्रत्यक्षता

obliterate अब्लिटरेट *vt* 1 मिटा देना, पोंछ देना, कोई स्पष्ट निशान बाकी न छोड़ना, अस्तित्व मिटा देना, ख़तम कर देना, 2 (मुहर लगा कर डाक-टिकट को) काट देना; **obliteration** *n* मिटाना, अभिलोपन, काट-कूट, उन्मूलन

oblivion अब्-लिविअन *n* विस्मृति, भूल जाना, भुला देना, उपेक्षा; to fall, sink, **into ~** भुला दिया जाना, प्रयोग या चलन न रहना, ताक पर रख दिया जाना

oblivious अब्लिविअस *a* भूल जाने वाला, विस्मरणशील भुलक्कड़ [~ of sth]; **~ness** *n* भूल जाने का स्वभाव, विस्मरणशीलता

oblong ओब्लों॑ङ्ग *a* & *n* आयताकार, *n* आयत

obloquy ओ॑ब-लक्वि *n* बदनामी, निन्दा, अपयश; निन्दोक्ति

obmutescence ओ॑ब्म्यू-टे॑सन्स *n* जान-बूझ कर चुप रहना, मौन रहने का आग्रह, चुप रहने की जिद्द, चुप्पी

obmutescent ओ॑बम्यू-टे॑सन्ट *a* जिसने चुप्पी साध ली हो, मौन

obnoxious अब्नो॑क्षस *a* 1 घृणित, घिनौना, बुरा, 2 आपत्तिजनक, ख़तरनाक, भयङ्कर, घोर, 3 ~ smell दुर्गन्ध, बदबू; **~ness** *n* आपत्तिजनकता

oboe ओबो *n* (*arch*) एक प्रकार की दोहरी नाली वाली बांसुरी

obscene अब्सीन *a* 1 अश्लील, (अनुचित रूप से) कामोद्दीपक, कामोत्तेजक, 2 निर्लज्जता का, बेशर्मी का, फूहड़, गन्दा, भद्दा

obscenity अब्सीनिटि *n* अश्लीलता, कामोद्दीपकता, निर्लज्जता की बात

obscurant अब्स्क्युअ-रन्ट *n* 1 विद्याप्रसार या जागृति या सुधार का विरोधी, सुधार-विरोधी; रूढ़िवादी; 2 जान-बूझकर बात अस्पष्ट रखने वाला, गोल बात करने वाला; **obscurantism**-रन्टिज़्म *n* जागृति का विरोध, सुधार का विरोध; रूढ़िवाद; **obscurantist**-रन्टिस्ट *n* & *a* जागृति-विरोधी, सुधार-विरोधी, रूढ़िवादी

obscuration अब्स्क्युअ-रेशन *n* 1 ढक या छिपा दिया जाना, आच्छादन, गोपन, 2 धुंधला या अंधेरा या निष्प्रभ कर दिया जाना; धुंधलापन

obscure^{1} अब्स्क्युअर *a* 1 अंधेरा, धुंधला, अदृश्य, ~rays सूर्य की गर्मी देने वाली अदृश्य किरणें, 2 (of colour) फीका; 3 (of writing, argument) दुर्बोध, गूढ़, अस्पष्ट, धुंधला, संदिग्ध, 4 (of author etc) अज्ञात, अज्ञातनामा, अप्रसिद्ध, मामूली, 5 छिपा हुआ, दूरस्थ [an ~ village]

obscure^{2} *vt* छिपाना, ढक लेना, पर्दा डालना, आंखों से ओझल करना [Clouds ~d the sun], 2 अस्पष्ट या दुर्बोध बना देना, 3 दूसरे की अपेक्षा अधिक ख्याति पाना (जिससे लोग दूसरे को भूल ही जाएं) [The son ~d the father]; **~ly** *adv*

अस्पष्ट रूप से; अज्ञात रूप से

obscurity अब्स्क्यु‌अ-रिटि *n* 1 अधंकार, अंधेरा [~ of the night], 2 अस्पष्टता, दूर्बोधता, अस्पष्ट या दुर्बोध बात, दुर्बोधता [~ of style], 3 अज्ञातता, अप्रसिद्धि [to live in ~]

obsecrate ऑब्सक्रेट: *vt* प्रार्थना करना, याचना करना; **obsecration** *n* प्रार्थना, अनुनय-विनय

obsequies ऑब्-सिक्विज़ *n pl* 1 अन्त्येष्टि, (-संस्कार), दफ़नाने की रस्म, दफ़न, 2 शवयात्रा, जनाज़े का जलूस

obsequious अब्सी-क्विअस *a* चापलूस, खुशामदी, जीहुज़ूरिया, जी-हुज़ूरी करने वाला, लल्लो चप्पो करने वाला, गिड़गिड़ाने वाला; ~ly *adv* गिड़गिड़ा कर; ~ness *n* चापलूसी की आदत, जीहुज़ूरी

observable अब्ज़र्व-बल *a* 1 जिसे देखा जा सके, दृश्य, प्रेक्षणीय, जिसे अनुभव किया जा सके, अनुभूतिगम्य, जिसका पता लग सके, स्पष्ट, 2 ध्यान देने योग्य

observance अब्ज़र्वन्स *n* 1 (कानून, नियम, कर्तव्य, व्रत आदि का)पालन, मानना, 2 (पर्व का) मनाना [the ~ of Republic day], 3 रस्म, संस्कार, धार्मिक कृत्य, (धार्मिक) अनुष्ठान [religious ~s]

observant अब्ज़र्वन्ट *a* 1 कानून, नियम, कर्तव्य आदि का पालन करने वाला, 2 (हर चीज़ को) ध्यान से देखने वाला, सावधान, चौकन्ना

observation ऑब्ज़र्-वेशन *n* 1 देखना, अवलोकन, प्रेक्षण, पर्यवेक्षण, निरीक्षण, (सन्दिग्ध व्यक्ति की) निगरानी, **to keep s.o. under** ~ किसी पर (कड़ी) नज़र या निगाह या दृष्टि रखना; to escape ~ आंख बचाना, 2 (*mil*) **observation post** चौकी जहां से शत्रु की गतिविधि का पता लग सके, प्रेक्षण-चौकी, 3 कथन, उक्ति, टिप्पणी, (व्यक्त किया गया) विचार, राय, सम्मति

observatory अब्ज़र्वट्रि *n* यन्त्रों से ग्रहों, नक्षत्रों आदि को देखने का स्थान, वेधशाला

observe अब्ज़र्व *vt* 1(ध्यान से)देखना, ध्यान देना, निरीक्षण या पर्यवेक्षण करना, प्रेक्षण करना [to ~ the stars], 2 कहना, विचार व्यक्त करना; टिप्पणी करना, 3 मानना, पालन करना [to ~ the law], 4 (पर्व आदि) मनाना [to ~ the anniversary], 5 to observe silence, a fast, etc. मौन रखना, व्रत रखना, अनशन करना

observer अब्ज़र्वर *n* 1 प्रेक्षक, पर्यवेक्षक, निरीक्षक, दर्शक, द्रष्टा; 2 **political observer** राजनीतिक स्थिति पर बराबर नज़र रखने वाला, राजनीतिक प्रेक्षक

obsess अब्सेस *vt* (usu in *pass*) 1 प्रेत से ग्रस्त होना, भूत लगना, 2 to be ~ed **with** *or* **by** an idea किसी विचार का बार-बार मन में आना या उठना, विचार का मन में बैठ जाना, किसी बात का ख़ब्त होना

obsession अब्सेशन *n* 1 किसी विचार से ग्रस्त होना, ग्रस्तता, 2 मन में बैठा हुआ विचार, ख़ब्त, सनक, मनोग्रस्ति

obsidian अब्सिडिअन *n* कांच-जैसा कड़ा लावा, लावा कांच

obsolescence ऑब्स-लेसन्स *n* 1 चलन या प्रयोग का क्रमशः ह्रास, अप्रचलन, अप्रयोग; 2 *biol* लोपोन्मुखता, लोप

obsolescent ऑब्स-लेसन्ट *a* 1 जिसका चलन या प्रयोग घट रहा हो, पुराने ढंग का, पुरानी चाल का, 2(*biol*, of organ) जो धीरे-धीरे लुप्त हो रहा हो, लोपोन्मुख, लुप्तप्राय

obsolete ऑब्सलीट *a* 1 जिसका चलन न रहा हो, अप्रचलित, जो प्रयोग में न आता हो, अप्रयुक्त, लुप्तप्रयोग [~ word]; पुराने ढंग या फ़ैशन का, बहुत पुराना [~ car]; 2 *biol* अल्पविकसित

obstacle ऑब्स्टकल *n* 1 रुकावट, अड़चन, विघ्न, बाधा, अटक, रोड़ा, to put ~s in s.o.'s way किसी के कार्य में रोड़ा अटकाना, विघ्न डालना, 2 *comb:* ~ course सबाध पथ, **obstacle-race** सबाध दौड़ (जिसमें खाइयों, झाड़ियों आदि से गुज़रना पड़े)

obstetric(al) अब्स्टेट्रिक(ल) *aa* प्रसूतिविज्ञान का, प्रसवसंबंधी, धात्रीकर्म-संबंधी

obstetrician ऑब्स्टि-ट्रिशन *n* प्रसूतिविज्ञानी, धात्रीकर्म विशेषज्ञ

obstetrics अब्स्टेट्रिक्स *n pl* प्रसूतिविज्ञान, प्रसूतिविद्या, धात्रीविद्या, धात्रीकर्म, दाई का काम

obstinacy ऑब्स्टि-नसि *n* दुराग्रह, ज़िद, ज़िद्दीपन, ढिठाई

obstinate ऑब्स्टिनट *a* 1 अपनी बात पर अड़ा रहने वाला, दुराग्रही, हठी, ज़िद्दी, ढीठ [~ as a mule], 2 (of disease) दुःसाध्य, दुश्चिकित्स्य

obstreperous अब्स्ट्रेप-रस *a* 1 शोर मचाने वाला, ऊधमी, 2 आज्ञा न मानने वाला, अवज्ञाकारी, विद्रोही, बेकाबू, उच्छृङ्खल [~ behaviour]

obstruct अब्स्ट्रक्ट *vt* 1 (मार्ग में) रुकावटें खड़ी करना, (मार्ग आदि) रोकना या बन्द करना [to ~ the way], (गति, यातायात, प्रगति) रोकना, (गति आदि में) बाधा डालना [to ~ the movement, traffic, progress, etc], 2 व्यवधान उपस्थित करना, व्यवधान बनना [to ~ the view] 3 (*Parl*) to ~ a bill (लंबे भाषण द्वारा समय नष्ट कर के) बिल प्रस्तुत या पास न होने देना, व्यवधान या बाधा डालना

obstruction अब्स्ट्रक्शन *n* 1 रोक, रुकावट, अवरोध [~s to navigation in the canal]; विघ्न, बाधा; 2 *path* (आंत आदि में) रुकावट, अवरोध, 3 *parl* व्यवधान (see prec 3)

obstructionism अब्स्ट्रक्शनिज़्म *n* (संसदीय कार्यवाही में) व्यवधान डालने की नीति, व्यवधानवाद

obstructionist अब्स्ट्रक्शनिस्ट *n* (*parl*) लंबे भाषण द्वारा कार्यवाही में व्यवधान डालने वाला,

व्यवधानवादी, व्यवधानकारी; ~ tactics व्यवधानकारी चालें

obstructive अब्स्ट्रक्टिव *a* & *n* रुकावट डालने वाला, विघ्नकारी, रुकावट डालने का [~ tactics], *n* 1 (वि० संसद् की कार्यवाही में) व्यवधान डालने वाला व्यक्ति, 2 व्यवधानकारी वस्तु

obtain अब्टेन *vt* & *i* 1 लेना, पाना, प्राप्त करना, उपलब्ध करना, हासिल करना, मंगा देना, 2 *vi* प्रचलित होना, रिवाज होना [Polyandry ~s among some hill tribes]; **~able** *a* जो मिल सके, प्राप्य, सुलभ, उपलब्ध; **~ment** *n* प्राप्ति, उपलब्धि

obtrude अब्ट्रूड *vt* & *i* 1 (कोई चीज़) आग्रहपूर्वक या ज़बर्दस्ती आगे या सामने रख देना, [to ~ one's opinion etc **on** s.o.], 2 to ~ oneself हस्तक्षेप करना, बेजा दखल देना, बिन बुलाये आ धमकना, 3 *vi* to ~ **(up)on** s.o. किसी से बहुत आग्रह करना, किसी के पीछे पड़ जाना

obtrusion अब्ट्रूश्ज़न *n* अनुचित हस्तक्षेप, बेजा दख़ल, टाँग अड़ाना

obtrusive अब्ट्रूसिव *a* 1 हस्तक्षेप करने वाला, टांग अड़ाने वाला, बहुत आग्रह करने वाला, धृष्ट; 2 ~ smell तीव्र गंध; **~ness** *n* हस्तक्षेप करने का स्वभाव, धृष्टता, ख़ामख़ाह ध्यान आकर्षित करने वाला, बहुत स्पष्ट (दिखाई देने वाला) [a ~ error]

obturate ओॅब्ट्युरेट *vt* (शरीर आदि का छिद्र) बन्द करना, अवरुद्ध करना; **obturation** *n* (छिद्र का) अवरोध; **obturator** *n* छिद्र बंद करने वाली चीज़, रोक, अवरोधक

obtuse अब्ट्यूज़ *a* 1 जिसकी धार तेज़ न हो, जो नुकीला न हो, भोथरा, कुण्ठित, कुंद, 2 (of pain) मन्द, हल्का, 3 (of person) मोटी अक्ल का, मन्दबुद्धि, मूढ़, गुट्ठल, 4 (*geom*) ~ **angle** अधिककोण; **~ness** *n* 1 कुण्ठता, 2 मन्दता, 3 मूढ़ता, मोटी अक्ल

obverse ओॅब्वर्स *a* 1 सामने का, **the ~ side of a coin** सिक्के का चेहरे वाला पहलू, मुख, 2 पूरक, *n* 1 (सिक्के या पदक का) मुख, चेहरा, 2 (किसी चीज़ का, आगा या मुख, अग्रभाग, 3 ~ of a fact तथ्य का पूरक अंश या दूसरा पहलू; 4 *log* प्रतिवर्तित वाक्य

obversion अब्वर्शन *n* (see foll) प्रतिवर्तन

obvert अब्वर्ट *vt* (*log*) तर्क वाक्य के गुण को बदल कर नया वाक्य बनाना जिसका विधेय पहले के विधेय का उलट हो, प्रतिवर्तित करना [*e.g.* 'No men are immortal' *is obverted to* 'All men are mortal]

obviate ओॅब्विएट *vt* दूर करना, हटाना, मिटाना, निवारण करना, बचना [to ~ a difficulty, a danger, an inconvenience]

obvious ओॅब्विअस *a* जो साफ़ दिखाई दे, जो समझ में आ रहा हो, स्पष्ट, व्यक्त, साफ़, सन्देहरहित; **~ly** *adv* स्पष्टतः, निस्सन्देह, यह स्पष्ट है कि; ~ **ness** *n* स्पष्टता, सुव्यक्तता, स्फुटता

Occam ओॅकम *n*, **~'s razor** यह सिद्धान्त कि किसी बात की व्याख्या करने में आवश्यकता से अधिक कल्पनाएं न समाविष्ट की जायें, लाघवन्याय

occasion^{1} अकेश्ज़न *n* 1 समय, अवसर, मौका [on the ~ of his marriage]; (किसी काम का) उचित या उपयुक्त समय, सुयोग, अवसर, 2 कारण, वजह [There is no ~ to be angry]; तात्कालिक कारण [The real cause of the strike is not clear, but the ~ was the dismissal of a worker], 3 आवश्यकता [I have no ~ for his help], 4 (in *pl* *arch*) काम, काम-धंधा, कारोबार [to go about one's lawful ~s], **5 to rise to the occasion** काम पड़ने पर अपनी योग्यता या क्षमता प्रमाणित करना, सफलता से काम निभाना, स्थिति की मांग पर पूरा उतरना, 6 **(up)on** ~ जब कभी जरूरत पड़े, कभी-कभी, 7 on one ~ एक बार, एक दफ़ा; on several **~s** कई दफ़ा

occasion^{2} *vt* कारण होना या बनना, पैदा करना, करना. करवाना

occasional अकेश्ज़नल *a* 1 कभी-कभार होने या आने वाला [~ **showers, an** ~ visitor, etc.] कदाचित्, 2 विशेष अवसर के लिए रचित या रूपान्तरित [~ verses], 3 ~ **licence** निर्दिष्ट अवसरों या स्थानों पर शराब बेचने का लाइसेंस, 4 ~ **cause** गौण कारण; **~ly** *adv* 1 कभी-कभी, कभी-कभार, 2 रुक-रुक कर

Occident ओॅक्सिडन्ट *n* (*poet*, *rhet*) **1 the ~** पश्चिम, पाश्चात्य देश, यूरोप, यूरोप तथा अमरीका, 2 पाश्चात्य सभ्यता

occidental ओॅक्सि-डेॅन्टल *a* पाश्चात्य, यूरोपीय; **~ist** *n* 1 पाश्चात्य इतिहास या साहित्य या संस्कृति का विद्वान्, 2 पाश्चात्य संस्कृति का प्रेमी

occipital ओॅक्सि-पिटल *a* (f. foll) पश्चकपाल का, अनुकपाल

occiput ओॅक्सि-पट *n* सिर का पिछला भाग, पश्चकपाल

occlude अक्लूड *vt* 1 (छिद्र, नाली आदि) बन्द करना, 2 रोक लेना, अवरुद्ध करना [to ~ the rays]; गैस को सोख लेना

occlusion अक्लूश्ज़न *n* (see prec) 1 अवरोध; 2 अधिधारण

occult^{1} ओॅकल्ट *a* & *n* 1 गुप्त, गुह्य, गोपनीय, 2 रहस्यमय, दुर्बोध, 3 अभिचार-संबंधी, आभिचारिक, तान्त्रिक, चमत्कारी, चमत्कारपूर्ण; *n* the ~ अभिचार, तन्त्र-मन्त्र आदि; **~ness** *n* गुह्यता, रहस्यमयता, दुर्बोधता

occult^2 *vt* (*astron*) (एक ग्रह का दूसरे के आगे आकर उसे) छिपा देना, ढक लेना, तिरोहित करना, (*vi*) थोड़ी-थोड़ी देर बाद छिप जाना या अदृश्य हो जाना [~ing light]; **~ation** *n* (*astron*) आच्छादन, प्रच्छादन, उपगूहन

occultism ऑकल्टिज़म *n* 1 गुह्यविद्या, अध्यात्म-विद्या, फलित ज्योतिष, 2 अभिचार, जादूगरी, तन्त्र; **occultist** *n* 1 गुह्यविद्या विशारद, 2 तान्त्रिक, अभिचार करने वाला

occupancy ऑक्यु-पन्सि *n* कब्ज़ा, दखल, अधि-भोग, दख़लकारी, दख़ीलकारी; ~ **right** दख़लकारी, दख़ीलकारी, भोगाधिकार, मौरूसी हक़; ~ **tenant** अधिभोगी किसान, दख़ली काश्तकार, दख़ीलकार असामी

occupant ऑक्यु-पन्ट *n* **1** (ज़मीन या जायदाद) जिसके क़ब्ज़े या अधिकार में हो, कब्ज़ादार, दख़ल-कार, दखीलकार, अधिभोक्ता, अधिभोगी, 2 दूसरे की जायदाद पर कब्ज़ा रखने के कारण उस पर अपना अधिकार प्रमाणित करने वाला, 3 (मकान आदि में) निवास करने वाला, अधिवासी, किरायेदार; the ~s of the bus बस में बैठे यात्री, 4 ~ of the post पद पर काम करने वाला, पदाधिकारी

occupation ऑक्यु-पेशन *n* 1 अधिकार, कब्ज़ा [to be in ~ of a house etc.], **army of** ~ जीते हुए प्रदेश में नियमित शासन स्थापित होने तक उस पर कब्ज़ा रखने वाली सेना, कब्ज़ादार सेना, शासक सेना, 2 निवास, रिहाइश [a house fit for ~], 3 स्थायी या अस्थायी धंधा, व्यवसाय, कारोबार, पेशा, (उप)जीविका; शग़ल [a useful ~ for retired people]; ~al *a* पेशे या व्यवसाय से संबंधित, व्यावसायिक; **occupational mobility** व्यवसाय बदलने की योग्यता, व्यवसाय बदलने के अवसर; **occupational therapy** रोगी को काम में लगाकर इलाज करने की पद्धति, व्यवसाय-द्वारा चिकित्सा, नियोजन-चिकित्सा पद्धति

occupier ऑक्यु-पाइअर *n* (अस्थायी) निवासी, किरायेदार; (मकान, जमीन का) दखलदार, अधिभोगी

occupy ऑक्युपाइ *vt* 1 (नगर, प्रदेश, किले आदि पर) अधिकार करना, कब्ज़ा करना, (मकान में) दख़ल करना, निवास करना, रहना, 2 (पद) ग्रहण करना, धारण करना, पद पर काम करना, 3 **to** ~ **space** स्थान घेरना, स्थान में व्याप्त होना, **to** ~ **time** समय लगाना, समय लेना या खर्च करना, 4 (*esp in pass.* & *refl.*) to be occupied, to occupy oneself, with *or* in sth किसी काम में लगा या व्यस्त रहना, 5 किसी को काम में लगाए रखना [to ~ s.o.]

occur अ-कर *vi* (-rr-) 1 (विशेष स्थिति या स्थान में) मिलना, पाया जाना [Hydrogen ~s in nature in small quantities], 2 होना, आना, [This word ~s twice], 3 मन में आना, ध्यान में आना, सूझना, स्मरण हो आना, याद पड़ना [It ~s to me that... ; this idea never occurred to him]; 4 होना, घटित होना, घटना, उपस्थित होना

occurrence अक-रन्स *n* **1** (see prec.) होना, पाया जाना, प्राप्ति, उपस्थिति, 2 होना, घटित होना, It is of frequent ~ ऐसा बहुत बार होता है; 3 घटना, बात, वाक्या [an everyday ~]

ocean *n* 1 महासागर [the Atlantic, Pacific, Indian, Arctic, and Antarctic, Oceans], 2 असीम या विशाल प्रदेश, समुद्र [~ of sand], *colloq* (किसी वस्तु की) अपार या अतुल राशि [~s of money, time, etc], 3 *comb*: **~-lane** जहाज़रानी का नियत) मार्ग, पोत-मार्ग

oceanic ओशिऐनिक *a* 1 महासागर-जैसा, 2 महासागर का, महासागर में पाया जाने वाला, महासागरीय [~ fauna]

Oceania ओशि-एनिअ *n* मध्य और दक्षिणी प्रशान्तसागर के द्वीप जिनके अन्तर्गत **Micronesia**, Melanesia, और Polynesia हैं

oceanography ओश-नॉग्रफ़ि *n* समुद्रविज्ञान

ocellus ऑसॅलस *n* 1 (कीड़े की) साधारण या एकल आंख, नेत्रक, 2 अनेकावयव आंख का एक भाग, अक्षिसमुदाय का एक भाग

ocelot ओसिलट *n* दक्षिणी और मध्य अमरीका में पाया जाने वाला चीते-जैसा पशु

ocherous ओ-करस, **ochreous** ओक्रिअस *aa* (see foll) गेरू के रंग का, गेरुआ, बादामी, पीला, जोगिया आदि

ochre ओकर *n* 1 लोह-आक्साइड से युक्त चिकनी मिट्टी (जो पीले, बादामी, भूरे, गेरुए आदि अनेक रंगों की होती है), गेरू, गैरिक, 2 गेरू का रंग, 3 **red** ~ लाल मिट्टी, गेरू; **yellow** ~ पीली मिट्टी, रामरज

o'clock (see clock)

octad ऑक्टैड *n* आठ वस्तुओं का समूह, अष्टक

octagon ऑक्ट-गन *n* (*geom*) अष्टभुज, अष्ट-कोण

octagonal ऑक-टैग्नल *a* आठ कोनों या भुजाओं या पहलुओं वाला, अष्टपार्श्वीय, अष्टकोणीय, अठकोनिया

octahedral ऑक्ट-हीड्रल *a* (f. foll) अष्ट-फलकीय

octahedron ऑक्ट-हीड्रन *n* आठ पहलुओं या मुखों वाली वस्तु (विशेषत: इस आकृति का बिल्लौर), अष्टफलक

octant ऑक्टन्ट *n* वृत्त या चक्र की परिधि का आठवां भाग, अष्टमांश, अष्टांशक

octarchy ऑक्टॉर्कि *n* 1 आठ छोटे-छोटे राज्यों का समुदाय, 2 आठ शासकों का शासन

octave ऑक्टिव *n* 1 पर्व के दिन से लेकर आठवां दिन, 2 पर्व के दिन से लेकर आठ दिन, 3 *pros*

अष्टपदी, 4 आठ वस्तुओं का समूह, अष्टक, 5 *mus* अष्टम स्वर, द्विगुण स्वर

octavo ओ´क्टेवो *n* (*abbr.* **8vo., oct.**) काग़ज़ के ताव का आठवां भाग; इतने आकार के वरकों की पुस्तक, अठपेजी

octet(te) ओ´क्टे´ट *n* 1 पद्य के आठ चरण (वि० Sonnet की पहली आठ पंक्तियां), 2 आठ गायकों या वादको के लिए रचित गान या संगीत, अष्टगान, 3 आठ गायक, (गायकों का) अष्टक

octillion ओ´क्-टिल्यन *n* दस लाख का आठवां घात (cf. nonillion)

October ओ´क्-टोबर *n* अंग्रेज़ी कैलन्डर का दसवां महीना, अक्तूबर (लगभग मध्य आश्विन से मध्य कातिक तक)

octogenarian ओ´क्ट-जिने´अरिअन *a & n* अस्सी से नवासी वर्ष तक का (आदमी)

octonarius ओ´क्ट-ने´अरिस *n* (*pros*) आठ चरणों का छन्द, अष्टपदी

octopus ओ´क्टपस *n* 1 (घोंघे जैसा) आठ भुजाओं वाला समुद्री जीव, अष्टशुंड, अष्टभुज, 2 *fig* अनेक दिशाओं या स्थानों में फैला हुआ (प्राय: अनिष्ट) प्रभाव, व्यापक शक्ति, जाल

octosyllabic ओ´क्ट-सिलैबिक *a & n* (*pros*) एक चरण में आठ अक्षरों वाला (छन्द), अष्टाक्षर छन्द

octosyllable ओ´क्ट-सिल-बल *a & n* 1 = prec., 2 आठ अक्षरों का शब्द

octroi ओ´क्ट्रवा *n* 1 चुंगी, ज़कात, 2 चुंगी का अड्डा, चुंगीघर, 3 चुंगी विभाग

octuple ओ´क्टयूपल *a, n & vt* आठ गुणा (करना)

ocular ओ´क्युलर *a* 1 नेत्र या नेत्रों का, चाक्षुष [~ muscle]; देखा जा सकने वाला, दृश्य, प्रत्यक्ष [~ proof, demonstration]; **~ist** *n* नकली आंख बनाने वाला, नेत्रकार

odd ओ´ड *a* 1 (of number) जो दो से **विभक्त** न हो सके, ताक, विषम, 2 (of things, persons) क्रम से नम्बर लगाने पर विषम संख्या वाला (*e.g.* तीसरा, पांचवां, सातवां, आदि), 3 अपूर्ण जोड़े का, अकेला [an **odd shoe, sock,** etc]; 4 शृंखला या माला से अलग निकला हुआ, अकेला, फुटकर [two ~ numbers of a magazine; some ~ volumes of the encyclopedia], 5 समुदाय का दो समान-संख्यक दलों या वर्गों में बांटने पर जो (एक) बच रहे, फ़ालतू, अतिरिक्त, **the odd man** (i) विषम संख्या वाली सभा में पक्ष-विपक्ष के वोट बराबर होने पर जिस व्यक्ति के वोट से मामले का निर्णय हो, निर्णायक मत देने वाला आदमी, (ii) मालिक के छोटे-मोटे काम करने वाला नौकर; **odd man out** (i) तीन या अधिक व्यक्तियों में से एक को (वि० सिक्का उछाल कर) चुनने की विधि, (ii) अपने वर्ग के अन्य सदस्यों से विलक्षण व्यक्ति या वस्तु, 6 (appended to number, weight, etc) कुछ ऊपर, थोड़ा अधिक; **forty odd** चालीस से कुछ ऊपर (41 से 49 तक); **forty odd thousand** 40 हज़ार से 50 हज़ार तक; **forty thousand odd** 40 हज़ार से अधिक और 41 हज़ार से कम, **twelve rupees odd** 12 रुपये और कुछ पैसे अर्थात् 13 रुपये से कम, 7 (i) अनियमित, असंबद्ध, अनिश्चित, किसी भी तरह का, छोटा-मोटा, फुटकर [I have been doing odd jobs], (ii) at odd moments *or* times कभी-कभी, यदा-कदा, जब भी समय मिल जाये, (iii) in some ~ corner बस्ती या सड़क से दूर किसी जगह में, 8 विलक्षण, विचित्र, अनोखा, अजीब; The ~ thing about it is that... इस (घटना) की अजीब बात यह है कि···; (of person) सनकी, झक्की, वहमी; ~ **size** असाधारण आकार; **~ly** *adv* विचित्र ढंग से; **oddly enough** यह अजीब बात है कि; **~ness** दो से विभक्त न हो सकना, विषमता, 9 विलक्षणता, अनोखापन

oddity ओ´डिटि *n* 1 विलक्षणता, विचित्रता, निरालापन, अनोखापन; 2 निराली या अनोखी बात, स्वभाव या आचरण की विचित्रता [He has some little oddities]; **3** विचित्र आदमी [*He's* some thing of an ~]; **4** विलक्षण या विचित्र वस्तु, विचित्र घटना

oddments *n pl* 1 बची-खुची चीजें, छोटी-मोटी चीजें, फुटकर सामान, **छुट-पुट; 2** *print* मूल विषय से भिन्न सामग्री, विषयेतर सामग्री

odds ओ´ड्ज़ *n pl* (sometimes treated as *sing*) 1 *arch* असमानताएं, विषमताएं, विषमता, वैषम्य, **to make odds even** असमानता(एं) दूर करना, 2 (i) **मतभेद**, (ii) झगड़ा, अनबन, **to be at odds (with s.o. over sth)** (i) किसी से मतभेद होना, (ii) किसी के साथ झगड़ा या अनबन होना, [They are at ~ with their neighbours], 3 अन्तर या फ़र्क (जिससे एक पक्ष को लाभ पहुंचे), **It makes no odds** इस से परिणाम में कोई फ़र्क नहीं पड़ता, 4 (i) किसी बात के होने या न होने की सम्भावना, सफलता या असफलता की संभावना; कठिनाई, the ~ are against **him** उसकी सफलता की संभावना बहुत कम है; The ~ are in our favour हमारे सफल होने की बहुत संभावना है, (ii) कठिनाई, to fight against great *or* heavy *or* long ~ अपने से कहीं बड़ी शक्ति से भिड़ना या पाला पड़ना, बड़ी कठिनाइयों का सामना करना, 5 संभावना [It is ~ that, the ~ are that, he will do it], 6 प्रतियोगिता या दांव में रियायत, दो व्यक्तियों द्वारा लगाये गये दांवों का अनुपात, **to give, lay, odds of three to one** हारने पर तीन देने और जीतने पर एक लेने की शर्त लगाना, 7 **odds and ends** = oddments.

ode ओड *n* (प्राय: किसी को संबोधित तुकान्त

अथवा अतुकान्त) गीत (जो प्राय: 50 से 200 पंक्तियों का होता है), संबोध-गीत

odeum ओ-डीअम *n* संगीतशाला; नाटयशाला

odious ओडियस *a* घृणित, घृण्य, घृणाजनक, घिनौना, जघन्य, अरुचिकर, नागवार; ~**ness** *n* घृण्यता, घिनौनापन, जघन्यता

odium ओडिअम *n* 1 (व्यक्ति या काम के प्रति) भारी घृणा, सख़्त नफ़रत, (व्यक्ति की) घोर निन्दा, गर्हणा, to bring ~ **upon s.o.** किसी को घृणा का पात्र बनाना; 2 (काम की) घृण्यता, घिनौनापन

odoriferous ओड-रिफ़रस *a* जिसकी सुगन्ध फैल रही हो, महकता हुआ, सुगन्धित, ख़ुश्बूदार

odorous ओ-डरस *a* (chiefly *poet*) =prec.

odour ओडर *n* 1 (अच्छा या बुरा) गन्ध, बू, बास, महक, सुगन्ध, ख़ुश्बू, सुवास, सौरभ, 2 (*fig*) गन्ध, बू, लेश-मात्र [No ~ of intolerance attaches to **it**], 3 to be in good, bad, odour **with** s.o. किसी का कृपापात्र, घृणापात्र, होना, किसी की नज़र पर चढ़ा हुआ, नज़रों से गिरा हुआ होना; किसी से अच्छा, बुरा, समझा जाना, ~**less** *a* गन्धहीन, निर्गन्ध

Odyssey ओॅडिसि *n* (*pl* **-eys**) **1** ग्रीक महाकवि होमर (Homer) द्वारा रचित दो महाकाव्यों में एक (दूसरा है Iliad *q.v.*) जिस में ट्राय (Troy) के युद्ध के बाद ओडीसियस (यूलिसीज़) की वापसी यात्रा और उसके पराक्रमपूर्ण कृत्यों का वर्णन है, आडिसी, **2** यात्राओं का सिलसिला, लंबी यात्रा, लंबा वृत्तान्त, रामकहानी [This is my ~ of woe]

oecology ई-कॉ॑ल-जी *n* = ecology, परिवेश-विज्ञान, परिस्थिति-विज्ञान, पारिस्थितिकी [*f*. *Gk* oikos, *Skt* ओकस् house]

oecumenical ईक्यू-मे॑निकल *a* 1 ईसाई जगत् का, 2 विश्वव्यापी, सार्वभौम, 3 (ईसाई संप्रदायों में) एकता स्थापित करने का

oedema ई-डीमा *n* (*path*) अंग या ऊतक का सूज जाना और उसमें पानी भर जाना, शोथ, त्वचा शोफ, ~**tous** *a* त्वचाशोफयुक्त

Oedipus ईडि-पस *n* 1 पहेलियां बूझने वाला, 2 **Oedipus complex** (फ़ायड के अनुयायी मनोविश्लेषकों के मतानुसार) लड़के की माता और लड़की की पिता के प्रति अज्ञात काम-वासना, ईडिपस-मनोग्रन्थि

o'er *adv* & *prep* (*poet*) = over

oesophagus ई-सॉ॑फ़-गस *n* ख़ुराक की नाली (जो गले से लेकर आमाशय तक जाती है), ग्रासनली, ग्रसिका

oestrum ईस्ट्रम, **oestrus** ईस्ट्रस *n* **1** (पशुओं का) कामोन्माद-काल

of ऑ॑व, अव *prep* (indicating various relations) का, के, की, से, में से, **1** (*origin*) to buy sth of s.o. किसी से कुछ ख़रीदना; **2** (*cause*) I did it of necessity (see necessity); **3** (*agency*) It is very kind of you आपकी बड़ी कृपा है; **4** (*material*) made of wood लकड़ी का बना हुआ, **5** (*descriptive genitive*) the city of Delhi दिल्ली (का) शहर; a town of 7 million souls सत्तर लाख की आबादी का नगर; hard of heart कठोर-हृदय, **6** (*subjective genitive*) the love of a mother मां का प्यार **7** (*objective genitive*) the fear of God ईश्वर का भय, **8** (*partitive*) of the twenty only one is absent बीस में से केवल एक अनुपस्थित है, **9** (*belonging, possession*) We of the middle class; the wife of the General; **10** (*in temporal phrases*) What do you do of a Sunday? इतवार को क्या करते हो?

off ऑ॑फ़, ऑ॑फ़ *adv*, *prep*, *a* & *n* 1 *adv* (=away) दूर, दूरी पर [My house is a mile off]; 2 (*departure*) **I'm off** to Madras मैं मद्रास जा रहा हूं; **Off with you, be off** हटो, जाओ; 3 (indicating **removal**) **Off with** your shoes जूते उतार दो; 4 (indicating discontinuance, stoppage) The engagement is ~ सगाई टूट गई है; the show is off तमाशा नहीं होगा; **5** *adv phr* **off and on** कभी-कभी, रह-रह कर, रुक-रुक कर, *prep* से, से हटकर, **1** My house is ~ the main road; **2 to have time off (work)** अवकाश पाना, फ़ुरसत होना; **to be ~ duty** *or* **work** कार्य से विरत होना; **off the point** अप्रासंगिक, **3** to allow 5% off 5% छूट देना, **4** to be **off colour** चेहरा उतरना, अस्वस्थ होना, सुस्त होना, **off-white** तनिक मैलापन या पीलापन लिए सफ़ेद, लगभग सफ़ेद; श्वेताभ; *adj* **1** the **off side** (*crick*) मैदान की दाहिनी ओर; परला सिरा [The ~ side of the wall], **off-day** छुट्टी का दिन, **2 off-season** मन्दी के दिन, जब मौसम न (रहा) हो; **3 off-hand** (*adv*) (i) बिना तैयारी के, बिना सोचे [to speak off-hand], (ii) *adj* (also offhanded) अनौपचारिक, बेतकल्लुफी का, लापरवाही का [to treat s.o. in an off-hand manner], **4** जिसकी संभावना कम हो, असंभाव्य, अनिश्चित [There is an **off chance that . . .**], **5 off-print** मुख्य ग्रन्थ से अलग कर के छापा गया लेख आदि, पृथक् मुद्रित लेख, अतिरिक्त छाप या प्रति, अनुमुद्रण, **6 off-shore** (*adj*) तट से थोड़ी दूर (समुद्र में) स्थित या काम करने वाला, अपतट, **off** *n crick* दाहिनी ओर (= off side) *comb*: (with *prepp*) **off-beat** (*fig*) विलक्षण, असाधारण, निराला, अपूर्व; ~**-load** माल या व्यक्ति को उतारना; ~**print** पूर्व प्रकाशित ग्रन्थ आदि से उद्धृत अंश का पुनःमुद्रण, अनुमुद्रण, अनुमुद्रित प्रति; ~**scourings** (*lit* & *fig*)

उच्छिष्ट, कूड़ा-करकट; **offshore** *a* तट से दूर (समुद्र में) स्थित, या काम करने वाला, अपतट [offshore oil-wells]; **offside** (footb..etc) गेंद और प्रतिपक्षी-गोल के बीच की जगह (जहां से हिट मारना वर्जित है) में, आफ़साइड, **off-stage** *a* & *adv* नेपथ्य में, पर्दे के पीछे

offal *n* 1 कूड़ा-करकट, कचरा बची-खुची चीज़, उच्छिष्ट, जूठन, 2 पशु के शव का वह भाग (आंतें, ओझरी आदि) जो प्राय: खाया नहीं जाता, 3 गला-सड़ा मांस, 4 चोकर, भूसी

offence अफ़ें न्स *n* 1 **आक्रमण**, हमला [The most effective defence is offence], 2 (i) जी दुखाना, जी दुखाने वाली बात, चोट, आघात, **to give ~ to s.o.** किसी का जी दुखाना, किसी को चोट पहुंचाना, (ii) खीज, नाराजगी, रोष, **to take ~ (at sth)** किसी बात पर नाराज़ होना, बुरा मानना, 3 अपराध, जुर्म, कसूर [to commit an ~]

offend अफ़ें न्ड *vi* & *t* 1 (कानून, नियम, मर्यादा का) उल्लंघन करना, अतिक्रमण करना, भंग करना [to ~ **against** the law, rule etc]; गलती करना [to ~ **against** grammar], 3 *vt* जी दुखाना, चोट पहुंचाना, ठेस पहुंचाना, रुष्ट या नाराज करना [to ~ s.o.]; to be offended **at**, **by**, sth, **with** s.o. किसी बात पर, किसी व्यक्ति से, रुष्ट या नाराज होना, 4 बुरा लगना, खटकना, अप्रिय होना, प्रतिकूल होना, to ~ the eye आंखों को बुरा लगना, to ~ the ear कर्णकटु होना, **~er** *n* 1 अपराधी, मुजरिम, दोषी, 2 नियम या मर्यादा भंग करने वाला; **~ing** *a* नियमविरुद्ध, दोषपूर्ण अप्रिय

offensive अफ़ें न्सिव *a* & *n* 1 आक्रमणकारी, आक्रमणात्मक, आक्रमण का, आक्रमण के लिए [~ arms], 2 नाराज करने वाला, अपमान करने वाला, बदतमीज, अपमानजनक, कटु, ~ language गाली-गलौज, 3 घृणाजनक, ग्लानिजनक, बुरा, दुर्गन्धयुक्त, बुरे स्वाद वाला, अरुचिकर, *n* हमले का रवैया, आक्रमणात्मक कार्यवाही [**to take the ~**]; आक्रमण, हमला, चढ़ाई, धावा; **a peace offensive** स्थायी शान्ति का निरन्तर प्रयत्न, शान्ति अभियान

offer^{1} ऑफ़र *vt* & *i* **1** देना, प्रदान करना, उपहार देना, अर्पण करना [to offer s.o. sth], to offer prayers to God ईश्वर की उपासना या आराधना करना, to offer a victim बलि देना या चढ़ाना, **2** (i) किसी की स्वीकृति के लिए उसके सामने रखना, देने का प्रस्ताव करना, प्रस्तुत करना, पेश करना [I~ed him, my pen, my opinion, help, etc], (ii) (करने को) तैयार होना [to ~ to do sth], उतारू होना [He offered to strike me], (iii) (करने की) कोशिश करना, [to ~ resistance], 3 (of things) प्रस्तुत या पेश करना [each age ~s its characteristic riddles], 4 *vi* आना, उपस्थित होना [if a good occasion ~s]

offer^{2} *n* 1 प्रस्ताव, पेशकश [offer of marriage, help, etc.], 2 *commerc* निर्दिष्ट मूल्य पर बेचने या खरीदने का प्रस्ताव, (प्रस्तावित) मूल्य; (at auction) बोली

offering ऑफ़रिंग *n* अर्पित की गई वस्तु, भेंट, उपहार, (~ to a deity) नैवेद्य, अर्घ्य, बलि

offertory ऑफ़र्ट्रि *n eccl* 1 (पूजा-प्रार्थना के समय दी गई) भेंट, चढ़ावा, चढ़त, 2 पूजा-प्रार्थना के अवसर पर एकत्र किया गया धन, दान

office ऑफ़िस *n* 1 कार्यालय, दफ़्तर, (कंपनी आदि की) शाखा [Our Calcutta ~], 2 सेवा-सहायता, कृपा, सौजन्य, **by**, **through**, **the good offices of** के सौजन्य से, की सहायता से, के प्रयत्न से, **ill office** हानि, अपकार, दुष्टता, 3 कर्तव्य, काम [it is my ~ to...], प्रयोजन [the ~ of literature]; 4 पद, ओहदा, **office of profit** आर्थिक लाभ का पद, पद जिस पर वेतन आदि मिले; **to enter upon** *or* **take ~** पद संभालना, **to leave ~** पद त्यागना, 5 संस्कार, **the last ~s** अन्त्येष्टि संस्कार, क्रिया कर्म आदि, 6 *comb*: **office-bearer** पदाधिकारी, **office hours** दफ़्तर में काम का समय, कार्य-समय, कार्यालय समय

officer ऑफ़ि-सर *n* **1** अधिकारी, अफ़सर, **2** (सभा, संस्था का) पदाधिकारी

official अ-फ़िशल *a* & *n* 1 सरकारी, राजकीय, शासकीय, 2 पद-संबंधी, पदीय, सरकारी [~ duty], 3 आधिकारिक, अधिकृत, **~ version** (i) सरकारी कथन या बयान, (ii) (संस्था आदि का) अधिकृत या आधिकारिक बयान, 4 **official benches** सरकारी पक्ष, ~ language सरकारी भाषा, राजभाषा, ~ residence सरकारी निवास, *n* अधिकारी, अफ़सर, कर्मचारी; **~dom** *n* 1 अफ़सरों के तरीके, अफ़सरों का राज, 2 अधिकारी वर्ग, अफ़सरशाही; **~ism** *n* अफ़सरों के तरीके, अफ़सरशाही

officiate अ-फ़िशिएट *vi* 1 (अधिकृत व्यक्ति के रूप में) काम करना, to ~ as host (at a dinner party) मेज़बान होना, मेहमानदारी या आतिथ्य करना, 2 दूसरे के स्थान पर काम करना, स्थानापन्न होना, काम निभाना या चलाना, 3 पादरी या पुरोहित का काम करना [to ~ at a marriage ceremony], गिरजे या मन्दिर या सत्संग में पूजा-प्रार्थना करना या करवाना [to ~ at a church, at a service], **officiating** *a* स्थानापन्न

officinal ऑफ़िसि-नल *a* **1** (of medical preparation) (औषध-विक्रेता के यहां) तैयार (औषध), बनी-बनाई (दवा), 2 (of name) औषध-कोश में दिया हुआ

officious अ-फ़िशस *a* 1 अवांछित सेवा-सहायता करने को तैयार, बिना मांगे सलाह देने वाला, टांग अड़ाने वाला, हस्तक्षेप करने वाला दस्तंदाज; **~ness**

n हस्तक्षेप करने का स्वभाव

offing ओ`फ़िङ्ग *n* 1 समुद्र का वह दृष्टिगोचर भाग जो तट से या लंगर डालने की जगह से दूर हो, खुला समुद्र, 2 **in the offing** (i) समुद्र तट से दूर, खुले समुद्र में, (ii) सामने आता हुआ, सिर पर आया हुआ, निकट भविष्य में होने वाला [I have a job in the ~]

offish ओ`-फ़िश *a* (*colloq*) ग़ैर-मिलनसार, लोगों से दूर-दूर रहने वाला

offscourings ओ`फ़-स्काउरिङ्ग्ज *n pl* कूड़ा-करकट, गन्दगी, निकम्मा या निकृष्ट अंश, (*fig*) ~ of humanity घटिया दर्जे के लोग

offset^1 ओ`फ़्से`ट *n* 1 तने या जड़ से निकलने वाली अलग शाखा का अंकुर जो अन्यत्र लगाने के लिए हो, उपशाखा, प्रशाखा, अंकुर, (*transf*) पर्वत की शाखा, 2 (i) क्षतिपूर्ति, हरज़ाना, मुआवज़ा [as an offset to my losses], (ii) मुजरा, 3 (विपरीत गुण के कारण) दूसरे का सौंदर्य आदि बढ़ाने वाली चीज़ [to serve as an offset to her beauty]; 4 *archit* दीवार से बाहर निकला हुआ छज्जा, खसका, विस्थिति, 5 नल की रुकावट से आगे ले आने के लिए उसमें डाला गया मोड़, नल का मोड़ 6 (*print*) **offset (process)** धातु या काग़ज़ की प्लेट से रबड़ पर और रबड़ से कागज़ पर छापने की विधि, आफ़सेट-विधि, आफ़सेट मुद्रण

offset^2 *vt* & *i* 1 क्षतिपूर्ति करना, मुआवज़ा देना [to ~ s.o.'s losses], 2 किसी के मुकाबले पर (बराबर की चीज़) रखना, किसी के प्रतिकूल बराबर का प्रभाव डालना, प्रतिसंतुलित करना, 3 खिसकाना, सरकाना [to ~ the wheel etc], 4 आफ़सेट विधि से छापना, 5 *vi* (पेड़ की) शाखा फूटना

offshoot ओ`फ़्शूट *n* 1 उपशाखा, प्रशाखा, अंकुर, 2 (कुल या वंश की) शाखा, 3 किसी से निकली हुई या उद्भूत वस्तु, व्युत्पन्न वस्तु

offspring ओ`फ़्स्प्रिङ्ग *n* 1 सन्तान, संतति, औलाद, वंशज, 2 (*fig*) परिणाम, नतीजा

oft ओ`फ़्ट *adv* 1 *arch*=often, 2 (*chiefly in comb*) **oft-told** बहुत बार कहा हुआ, पुनःपुनःकथित, **oft-repeated** जिसकी बहुत बार आवृत्ति हुई हो; **oft-times** (*arch*) =often

offtake ओ`फ़्टेक *n* खरीदे हुए माल की मात्रा, कुल खरीद

often ओ`फ़न *adv* प्रायः, बहुधा, अक्सर, बहुत बार, बार-बार, **as often as** हर बार [as ~ as I went to his room, I found the door locked]; **as ~ as not** लगभग आधे अवसरों पर, प्रायः, **more ~ than not** आधे से अधिक अवसरों पर, बहुत बार

ogee ओजी *a* & *n*. S की भांति क्रमशःनतोदर और उन्नतोदर (रेखा), *archit* सर्पाकार या कुण्डलाकार (हाशिया), कुण्डलिनी

ogival ओजाइवल *a* नोकदार मेहराब-जैसा [~ arch]

ogive ओजाइव *n* 1=groin, 2 (ii), 2 नोकदार मेहराब

ogle ओगल *vi* & *t* & *n* अनुराग-भरी चितवन से देखना, कनखियों से देखना [to ~ (at) s.o.] *n* अनुराग-भरी चितवन

ogre ओगर *n* नरभक्षी राक्षस; डरावना आदमी, *fem.* ogress

oh ओ (see O)

ohm ओम विद्युत्-प्रतिरोध की इकाई

oho ओहो *int* आश्चर्य अथवा हर्ष का द्योतक शब्द, अरे! वाहवाह!

oil^1 ओ`इल *n* 1 तेल, तैल, रोगन, **essential oils** इत्र आदि सुगंधित द्रव्य बनाने में काम आने वाले तेल, सगंध तेल; **mineral ~** पेट्रोलियम, vegetable ~s वनस्पति तेल, 2 पेट्रोलियम, 3 *idioms*: **to burn the midnight oil** बहुत रात गये तक काम करना या अध्ययन करना; **to pour oil on the flames** जलते पर तेल डालना, आग में घी डालना, **to pour oil on troubled waters** झगड़ा मिटाने की कोशिश करना, समझा बुझा कर झगड़ा मिटाना; **to strike oil** पेट्रोलियम की खान मिलना; **oil and vinegar** (*or* **water**) असदृश या परस्पर-विरोधी चीज़ें, 4 *comb*: **~cake** खली, **~cloth** मोमजामा, **~-colour** तेल में घोल कर बनाया हुआ रंग, तैलवर्ण, **~field** पेट्रोलियम क्षेत्र, **~man** तेल बेचने वाला, रंग-रोगन बेचने वाला, **~-meal** खली का चूरा, **~-painting** तैल-चित्र (बनाने की कला); **~-press** कोल्हू, **~-seed** तिलहन, **~-tanker** पेट्रोलियम-वाही या तेल-वाही जहाज़, **oil-well** पेट्रोलियम का कूआं

oil^2 *vt* 1 तेल देना, तेल लगाना या चुपड़ना, चिकना करना, चिकनाना, **to oil the wheels** (*fig*) मधुर-भाषिता या नम्रता या घूस से अड़चन दूर करना, काम निकालना, **to ~ s.o.'s hand** *or* **palm** किसी को घूस देना, **to oil one's tongue** मधुरभाषण करना, चिकनी-चुपड़ी बातें करना, चापलूसी करना [well-oiled tongue], 2 चिकना पदार्थ लगा कर मोमजामे जैसा जलरोधी बनाना, **oiled silk** जलरोधी रेशमी कपड़ा, 3 (जहाज़ में) पेट्रोलियम या तेल भरना, *vi* (of ship) तेल भरना

oiler ओइ`लर *n* 1 (मशीन को) तेल देने की कुप्पी, 2 तेल लगाने वाला, 3 *sl* चापलूस व्यक्ति

oilstone *n* & *vt* हथियार की धार तेज़ करने का पत्थर, सिल्ली; *vt* सिल्ली पर (हथियार की) धार तेज़ करना

oily ओ`इलि *a* 1 तेल का, तेल-जैसा, तेल से सना हुआ, तैलयुक्त, चिकना, स्निग्ध, 2 (of manner etc) चापलूसी का, **oiliness** *n* 1 चिकनापन, चिकनाहट, 2 चापलूसी का स्वभाव, मधुरभाषिता, लल्लो-चप्पो करने का स्वभाव

ointment ओ`इन्ट्मन्ट *n* मरहम, लेप, अभ्यंजन, उबटन

O.K., okay ओ-के *a adv*; *n* & *vt* 1 (spoken) बहुत अच्छा, ठीक है, स्वीकृत, मंजूर, पास, (written) देख लिया और पास कर दिया, निरीक्षित और अनुमोदित, as *int* मुझे मन्जूर है; **2** *n* स्वीकृति *vt* अनुमोदन करना, स्वीकार करना, पास करना

okapi अकापि *n* (मध्य अफ़्रीका का) जिराफ़-जैसा जुगाली करने वाला पशु, ओकापि

old ओल्ड *a* **(cf. elder, eldest)** *n* 1 बूढ़ा, बुड्ढा, वृद्ध, वयोवृद्ध, **young and old** हर कोई; **old age** बुढ़ापा, वृद्धावस्था, 2 इतनी उम्र या आयु या अवस्था का, इतने बरस का, इतना बड़ा [How ~ are you? I am ten years ~]; He is older than I वह मुझ से बड़ा है; 3 (i) पुराना, बहुत दिनों का [~ grudge], (ii) पुराना, फटा-पुराना, उतारा हुआ [old clothes], (iii) अनुभवी, पुराना, **old hand** अनुभवी, कार्यकर्त्ता; **old head on young shoulders** अपनी उम्र से कहीं अधिक समझदार या अनुभवी, युवावस्था में समझदार व्यक्ति, **4** भूतपूर्व, पुराना [~ boy, ~ student], **5** (i) पुराना, पुराना-धुराना, पुराने ढंग का, दकियानूसी [~ customs, ideas, etc.], (ii) प्राचीन, **old world** पूर्वी गोलार्द्ध (एशिया, अफ़्रीका, यूरोप आदि); **6** (*colloq*) my old man मेरा पति, my old woman मेरी पत्नी, 7 पुराना, अतीत, बीता हुआ [~ memories], गत, विगत [~ year], **8 old guard** दल के पहले अथवा रूढ़िवादी या पुराणपन्थी सदस्य, *n* बीता हुआ समय, प्राचीन काल, **of old** *a* पुराने समय का [the men of old], *adv* पुराने समय में [of old there were giants]

olden *a* (*liter*) प्राचीन, **in olden times** प्राचीन काल में, पुराने ज़माने में

oldish *a* जो बूढ़ा हो चला हो, कुछ-कुछ बूढ़ा, बूढ़ा-सा

oleaginous ओलिऐजिनस *a* तैल-जैसा, तैलयुक्त, चिकना; जिससे तेल निकलता हो, तैलोत्पादक

oleander ओलि-ऐन्डर *n* सफ़ेद या गुलाबी फूलों वाली विषैली झाड़ी, कनेर

oleaster ओलि-ऐस्टर *n* जंगली ज़ैतून

olfaction ओॅल्फ़ैक्शन *n* सूंघने की क्रिया, सूंघना, सूंघने की शक्ति, घ्राणशक्ति

olfactory ओॅल्फ़ैक्टरि *a* सूंघने का, घ्राणसंबंधी, **~ organ** घ्राणेन्द्रिय, नाक, **~ nerve** घ्राण-तन्त्रिका

oligarchic(al) *a* अल्पतंत्रीय.

oligarchy ओॅलिगार्कि 1 थोड़े से व्यक्तियों का शासन, अल्पतन्त्र, अल्पतन्त्रीय सरकार, 2 अल्पतन्त्रीय राज्य, अल्पतन्त्र

olio ओ-लिओ *n* 1 अनेक प्रकार के मांस और तरकारियों की मिश्रित भाजी, 2 किसी प्रकार का मिश्रण, मिश्रित वस्तु, खिचड़ी, विविधा

olivaceous ऑलि-वेशस *a* ज़ैतून-जैसा हरा, पीलापन लिए हरे रंग का, ज़ैतूनी

olive ओॅलिव *n* 1 ज़ैतून; (also **~-tree**) ज़ैतून (का पेड़); (also **~-wood**) ज़ैतून की लकड़ी, 2 **~-branch** ज़ैतून की टहनी (जो सुलह की प्रतीक मानी जाती है), **to hold out the olive-branch** सुलह का इरादा व्यक्त करना, सुलह का प्रस्ताव करना, 3 *comb*: **~-green** (कच्चे) ज़ैतून के रंग का (= olivaceous), ज़ैतूनी; **~ oil** ज़ैतून का तेल

olympiad अलिम्पिऐड *n* 1 ओलिम्पिक खेलों के बीच चार वर्ष का समय, ओलिम्पिक चौबरसी, (see olympic); 2 ओलिम्पिक खेल

Olympian अलिम्पिअन *a* & *n* 1 ओलिम्पस का (see Olympus), 2 स्वर्ग का, स्वर्गीय, 3 दिव्य, भव्य, राजसी, *n* ओलिम्पस-निवासी देवता, यूनान के मुख्य देवताओं में से कोई एक, 2 शान्त और गंभीर स्वभाव का व्यक्ति, उदात्त-चरित व्यक्ति, देवता

Olympic अलिम्पिक *a* ओलिम्पिया का, ओलिम्पिया में होने वाला; **Olympic games, Olympics** ओलिम्पक खेल-कूद (i) जो प्राचीन यूनान में ईसा-पूर्व सन् 776 शुरू हुए थे और हर चार बरस बाद हुआ करते थे, (ii) आधुनिक ओलिम्पिक खेल-कूद जो 1896 में ऐथेन्स में शुरू हुए और हर चार बरस बाद क्रम से दुनिया के विभिन्न स्थानों में होते हैं

Olympus अलिम्पस *n* एक पर्वत जो यूनान के मुख्य देवी-देवताओं का निवास माना जाता है; स्वर्ग

omega ओमिगः *n* 1 ग्रीक वर्णमाला का अन्तिम वर्ण = ओ, 2 श्रृंखला की अंतिम कड़ी, अन्तिम भाग, अन्त, उपसंहार, **Alpha and Omega** आदि और अन्त [Gk = O mega *i.e.* great O]

omelet(te) ओॅम्लिट *n* अंडे का पुआ (जिसे दोहरा करके उसमें पनीर अथवा मुरब्बा आदि रख देते हैं)

omen ओ-मे॑न *n* & *vt* (भविष्य का शुभ अथवा अशुभ) संकेत, लक्षण, पूर्वसूचना, शकुन; good ~ शुभ शकुन, ill ~ अपशकुन [an event of good, ill, ~], *vt* का शकुन होना; ill-omened बुरे शकुन वाला, अशुभ, मनहूस

omicron अमाइ-क्रन *n* ग्रीक ह्रस्व ओ [*Gk*=o micron *i.e.* small o]

ominous ओॅमिनस *a* (f. omen) बुरे शकुन का, अशुभ, मनहूस, विपत्ति या विनाश का सूचक, अनिष्ट-सूचक

omissible *a* (f. omit) त्याज्य, अकरणीय

omission अमिशन *n* (see foll) 1 छोड़ देना, छूट जाना, रह जाना, **2** न करना, अकरण, छूट, भूल, चूक, त्रुटि [to rectify an ~], 3 **sins of omission and commission** कर्तव्य कर्म न करने तथा अकर्तव्य कर्म करने का दोष, करणीयाकरण-अकरणीयकरण दोष

omit अमिट *vt* (-tt-) 1 छोड़ देना, हटा देना,

निकाल देना, शामिल न करना, 2 न करना, भूल जाना [to ~ doing to do, sth]

omnibus ऑम्नि-बस *n* (*pl* ~es) & *a* बड़ी मोटर गाड़ी, बस, *a* 1 अनेक अवयवों वाला, जिसमें अनेक वस्तुओं या विषयों का समावेश हो, संकलात्मक संग्रहात्मक, सर्वग्राही; ~ **edition** एक लेखक के सभी या बहुत से ग्रन्थों का संग्रह; ~ **book** *or* **volume** 1 अनेक ग्रन्थों का संग्रह, ग्रन्थावली, 2 बहूद्देशीय, बहुप्रयोजन [~ bill, clause, resolution, etc.], 3 ~ **train** सब स्टेशनों पर रुकने वाली गाड़ी

omnipotence ऑम्-निपटन्स *n* सर्वशक्तिमत्ता, अपार शक्ति

omnipotent ऑम्-निपटन्ट *a* सर्वशक्तिमान, the O~ ईश्वर

omnipresence *n* सर्वव्यापकता

omnipresent ऑम्नि-प्रेज़न्ट 1 सर्वव्यापक, सर्वव्यापी, 2 सर्वत्र मिलने या पाया जाने वाला

omniscience ऑम्-निशन्स *n* 1 सर्वज्ञता, 2 असीम ज्ञान, विस्तृत जानकारी

omniscient ऑम्-निशन्ट *a* सर्वज्ञ; **the O~** ईश्वर

omnivorous ऑम्-निवरस *a* सब कुछ खाने वाला, सर्वभक्षी, *fig* हर तरह की पुस्तकें पढ़ने वाला, बहुत पढ़ने वाला

omoplate ओम-प्लेट *n* (*arch*) कंधे की हड्डी, स्कंधास्थि

on¹ ऑन *prep* पर, ऊपर, पास, को, में आदि (as shown below) 1 निकट, पास, सटा हुआ, पर [My house is on the main road. cf off *prep*], 2 पास [Have you a pen or pencil on you ?], 3 to leave a card on s.o. किसी के यहां कार्ड छोड़ आना, 4 (को, दिशा में) on the right, left दाहिनी ओर, दाहिने हाथ; बाईं ओर, बायें हाथ, 5 (*time*) to arrive **on time, on schedule,** on the minute ठीक या ऐन वक्त पर पहुंचना, on Sunday इतवार को, on Sundays हर इतवार को, 6 to be **on the committee** समिति का सदस्य होना, समिति में होना, 7 (आधार) based on fact तथ्य पर आधारित, 8 (कारण) arrested on suspicion शक पर पकड़ा गया, 9 (*concerning*, के विषय में) lecture on history इतिहास पर भाषण, 10 I am here on business मैं काम से, काम पर, यहां आया हूं; He is on tour वह दौरे पर (गया) है; I am on holiday मैं छुट्टी पर हूं; 11 **onshore** *a* तट पर या तट के निकट स्थित, तटवर्ती [onshore oilwell, lighthouse, etc.]

on² ऑन *adv*, *a* & *n* (*used in various senses as shown below*) 1 ऊपर, पर, **This side on** यह सिरा ऊपर रखो; Put the kettle on केतली को आग पर रखो; 2 पहने हुए [He has his hat on]; On with your shoes जूते पहन लो, 3 (*continuance*) **Go on** करते जाओ, **speak on** बोलते जाओ; [He struggled on to the end], **on and on** बिना रुके, लगातार [He walked on and on], 4 The show is on तमाशा या नाटक हो रहा है, What's on tonight आज रात क्या (खेल) हो रहा है? 5 (*commencement*) From that day on उस दिन से लेकर, (*adj*) **the on side** (*crick*) मैदान की बाईं ओर (opp. the off side), *n* (*crick*) मैदान की बाईं ओर [a fine drive to the on]

onager ऑन-गर *n* जंगली गधा

once वन्स *adv* & *conj* 1 एक बार, एक दफ़ा, एकदा; ~ **more**, ~**again** एक बार फिर; ~ (**and**) **for all** सदा के लिए, अन्तिम रूप से, 2 अतीत में, कभी, **once upon a time** एक समय की बात है; I knew him ~ कभी मैं उसे जानता था; 3 **at once** (i) तुरन्त, फ़ौरन; (ii) एक साथ at once a food and a tonic खुराक भी और पौष्टिक भी, **all at once** (i) सब एक साथ, सब मिल कर [Don't speak all at once], (ii) एकाएक, अचानक; *conj* यदि एक बार, जब एक बार, ज्यों ही [Once you understand this, the rest will be easy]

one वन *a*, *n* & *pron* 1 (*adj* numeral etc) एक [**one man, one vote**; That's ~ way of doing it], 2 एक, एक-मात्र, अकेला [No one man can do it], 3 संयुक्त, इकट्ठे होकर, एक साथ [They cried out **with one voice**; to fight like ~ man], 4 कोई, किसी [Will take you there **one day**] 5 **for one thing** एक कारण (या बात) यह है कि, 6 **one and the same thing** एक-सी चीज़ या बात; *n* 1 एक (का अङ्क) [Eleven is written with two ones], 2 एक चीज़ [There is only with one left], 3 **to be at one with s.o.** किसी से सहमत होना; 4 **It is all one to me** मेरे लिए एक-सी बात है; 5 (all) in one संयुक्त, अकेला सभी कुछ [He is President, Secretary and Treasurer (all) in one]; *pron* (i) Which one do you like? तुम्हें कौन सा पसंद है ? That's a good one यह अच्छा (चुटकला आदि) है; **the little ones** छोटे बच्चे, **for one** एक, अकेला ही सही; I for one do not believe this कम से कम मैं तो यह नहीं मानता; **one and all** हर एक और सभी; **one another** एक दूसरे को, परस्पर; **one by one** एक एक करके, **one after the other** एक के बाद एक; one Mr. Smith स्मिथ नाम का कोई आदमी; (ii) आदमी, इन्सान, व्यक्ति, कोई [What should one do in such circumstances ?] *comb:* **one-act play** एकांकी नाटक; ~**-eyed** काना, ~**-sided** एकतरफ़ा, एकपक्षीय, पक्षपात-

पूर्ण, **one-up** (प्रतिपक्षी से) एक प्वाइन्ट आगे, *fig* (प्रतिपक्षी से) अधिक साहस या मनोबल वाला; **one-way traffic** एकदिश यातायात

oneiric अनाइअ-रिक *a* स्वप्नों का; **oneirocritic** *n* स्वप्नों के आधार पर भविष्यवाणी करने वाला, स्वप्नव्याख्याता, **oneirology** *n* स्वप्नव्याख्या, स्वप्नविद्या, स्वप्नविचार, **oneiromancy** *n* स्वप्नविद्या

oneness *n* 1 अकेलापन, 2 अद्वितीयता, अनुपमता, 3 एकता, सहमति, 4 एकरूपता, तद्रूपता, अभिन्नता, अभेद, अद्वैत

oner वनर *n* (*sl*) 1 अद्वितीय व्यक्ति, अनुपम वस्तु, बेजोड़ चीज़, 2 करारी चोट

onerous ओन-रस *a* 1 भारी, भारस्वरूप, थका देने वाला, कष्टप्रद, कठिन [~ task], 2 *law* जिसमें कोई जिम्मेवारी या बन्धन हो, सबन्धन, सभार

oneself वन्सेॅल्फ़ (see self)

onion अनिअन *n* प्याज़; **to know one's ~s** (*sl*) अपने काम में होशियार होना; **off one's ~** (*sl*) सनकी, पागल **~-skin** प्याज़ का छिलका; बहुत पतला कागज़

onlooker ऑन्लुकर *n* दर्शक, प्रेक्षक, तमाशाई, पास खड़ा हुआ आदमी

only¹ ओन्लि *a* 1 एकमात्र, अकेला, इकलौता, [the ~ child of his parents]; 2 केवल, केवल-मात्र [These are the ~ instances known]

only² *adv* & *conj* 1 केवल, केवल-मात्र, सिर्फ़, बस; 2 **not only ...but also** न सिर्फ़ ···बल्कि ···भी; न केवल···प्रत्युत; 3 **only** yesterday कल ही तो; 4 **only too** (with *adj* or *pp*) बल्कि बहुत ही [I shall be only too glad to meet him], 5 **if only** (*expressing a wish or assumption* अगर कहीं, अगर कभी [If only I meet him!], *conj* किन्तु, परन्तु, सिवाय इस बात के, पर (यह बात है कि····) [The paper is easy, only (that it is) too lengthy.]

onomatopoeia ऑन-मैट-पीअ *n* वस्तु से संबंधित ध्वनि के आधार पर उसका नाम रखना (*e.g.* cuckoo); क्रिया से संबंधित ध्वनि से उसका सूचक शब्द गढ़ना (*e.g.* puff-puff), अनुकृतिमूलक शब्द रचना, अनुरणन; अनुरणात्मक शब्द

onomatopoeic, -poetic ऑन-मैट-पीइक, -पोइटिक *aa* अनुकरणात्मक, अनुकृतिमूलक, अनुरणात्मक

onrush ऑन्-रश *n* 1 बड़े ज़ोर या वेग से आगे बढ़ना, आक्रमण, धावा, वेग, धक्का; तेज़ प्रवाह

onset ऑन्-सेॅट *n* 1 आक्रमण, चढ़ाई, धावा, 2 ज़ोरदार आरंभ [*esp.* at the first ~]

onslaught ऑन्-स्लॉट *n* 1 उग्र या प्रचण्ड आक्रमण, ज़ोरदार हमला या धावा, हल्ला, 2 घोर या तीव्र आक्षेप [to make an ~ on the leader of the House]

ontogenesis ऑन्ट-जेॅनिसिस *n* (*biol*) किसी एक पौधे या प्राणी की उत्पत्ति और विकास का इतिहास, व्यक्ति-इतिहास, व्यक्तिवृत्त; **ontogenetic** ऑन्ट-जिनेॅटिक *a* व्यक्तिवृत्तीय

ontogeny ऑन्-टॉजिनि *n* =prec

ontology ऑन्-टॉल-जि *n* 'अस्तित्व क्या है ?' इसकी मीमांसा, अस्तित्वमीमांसा, तत्त्वमीमांसा

onus ओनस *n* (no *pl*) ज़िम्मेवारी, दायित्व, उत्तरदायित्व; (*law*) **onus probandi** = burden of proof (see burden) प्रमाण (देने) का दायित्व

onward ओन्वर्ड *adv* & *a* 1 ;*adv* = onwards; 2 *a* अग्रगामी [an ~ march), आगे बढ़ने वाला, अग्रसर, प्रगतिशील; **onwards** *adv* 1 आगे, आगे की ओर, 2 from now ~s अब से लेकर, आगे से, भविष्य में; Move ~s आगे बढ़ो

onyx ऑनिक्स *n* 1 गोमेद से मिलता-जुलता रत्न (जिसके भिन्न स्तरों में भिन्न रंग होता है), सुलेमानी (पत्थर)

oolite ओअलाइट *n* चूने का दानेदार पत्थर, अण्डाश्म, अण्डकाश्म; **oolitic** *a* अण्डाश्मिक

ooze¹ ऊज *n* 1 कीचड़ (वि० नदी या समुद्र के तल में), पंक, मृदुपंक, सिन्धुपंक, 2 स्राव, क्षरण, टपक

ooze² *vi* & *t* 1 रिसना, रसना, चूना, टपकना, थोड़ा-थोड़ा कर के बह निकलना, स्राव होना, 2 *fig* धीरे-धीरे क्षीण होना, कम होना [My courage is oozing away], 3 भेद खुलना, पता चल जाना [The secret ~d out], 4 *vt* निकालना, छोड़ना, [He is oozing sweat]; *fig* देना, फैलाना [to ~ information, confidence, etc]

opacity ओ-पैसिटि *n* 1 अपारदर्शिता, अपारदर्शकत्व, 2 (of meaning) अस्पष्टता, 3 (of person) मोटी अक्ल, मन्द बुद्धि

opal ओपल *n* बिल्लौर-जैसा पत्थर (जिसकी कुछ किस्में तरह-तरह के रंग बदलती हैं), उपल, दूधिया पत्थर

opalescent ओप-लेॅसन्ट *a* उपल के रंग का, दूधिया, दुग्धाभ

opaline ओप-लाइन *a* & *n* उपल-जैसा, हिलाने से रंग बदलने वाला, *n* दूधिया शीशा

opaque ओ-पेक *a* (-er, -est) 1 जिस में रोशनी न गुज़र सके, जिसमें से कुछ दिखाई न दे, अपारदर्शी, अपारदर्शक, 2 (of meaning) अस्पष्ट, धुंधला, 3 (of person) मोटी अक्ल का, मन्दबुद्धि

open¹ ओपन् *a* & *n* 1 खुला [The office is ~]; 2 जहां हर कोई आ जा सके; **to keep ~ house** हर समय हर किसी का स्वागत करना, सब आने वालों का आतिथ्य करना; **open to the public** जहां हर कोई आ जा सके, सब के लिए खुला; **open trial** (मुकदमे की) सार्वजनिक सुनवाई, 3 जहां दीवार, जंगला आदि किसी प्रकार की रुकावट या हदबन्दी न हो, **open country** (i) प्रदेश जहां

peck^{2} *vt* & *i* 1 चोंच मारना, ~**ing order** समाज में छोटे-बड़े का क्रम जो बल पर आधारित हो (जैसा कि पालतू मुर्गों में होता है), बल पर आधारित वरीयता-क्रम, 2 चोंचें मार कर सूराख़ कर देना [to peck a hole], **3 to ~ at** s.o. *fig* किसी की आलोचना या निन्दा करना, दोष निकालना, 4 *colloq* थोड़ा-थोड़ा कर के खाना, ज़रा-ज़रा तोड़ या काट कर खाना, कुतर कर खाना, 5 to ~ **up, down, etc.** नोकदार हथियार से (धरती) खोदना, या (दीवार) तोड़ना, 6 to ~ **out** चोंचें मार-मार कर (आंखें) निकाल लेना

peck^{3} *n* 1 चोंच की मार या आघात, चंचुप्रहार; चुंबन, 2 चंचुप्रहार का निशान, 3 *sl* भोजन, आहार; **4 peck order** = pecking order (see prec)

pecker, पे॑कर *n* 1 चोंच मारने वाला पक्षी; **woodpecker** कठफोड़वा, 2 *sl* हिम्मत, हौसला, **to keep one's ~ up** (*sl*) हिम्मत न हारना

peckish पे´किश *a* (*colloq*) भूखा

Pecksniff पे´क्स्निफ़ *n* परोपकार का ढोंग करने वाला, बगला भगत

pecten पे´क्टे´न *n* (*zool*) प्राणियों के शरीर के किसी अग की कंघी-जैसी बनावट, कङ्कताङ्ग

pectin पे´क्टिन *n* (*chem*) पके फलों में पाया जाने वाला एक पदार्थ जो औपध, मुरब्बे आदि में पड़ता है, पेक्टिन

pectinate पे´क्टिनट *a* (f. pecten) कंघी की शक्ल का, कंकताकार

pectoral पे´क्टरल *n* & *a* छाती ढकने का सजावटी कपड़ा (वि० यहूदी पादरियों का); *a* 1 छाती पर पहनने का [~ cross], 2 छाती का, सीने का, 3 छाती के रोगों में लाभकारी

pectose पे´क्टोस *n* कच्चे फलों में पाया जाने वाला एक पदार्थ (of pectin)

peculate पे´क्युलेट *vt* & *i* गबन करना [to ~ (money)]; **peculation** *n* गबन ; **peculator** *n* गबन करने वाला

peculiar पिक्यु-लिअर *a* 1 निजी, व्यक्तिगत, अपना ही [His own ~ character, quality, etc.], 2 विशेष, खास, अत्यन्त [a point of ~ interest], 3 (of thing) अजीब, विचित्र [a ~ smell], 4 (of person) अजीब, अनोखा, विलक्षण, निराला, सनकी

peculiarity पिक्युलि-ऐरिटि *n* 1 व्यक्तिगत गुण या विशेषता, ख़ासियत, 2 विलक्षणता, विचित्रता, निरालापन, अनोखापन

peculiarly *adv* 1 व्यक्तिगत रूप से, जहाँ तक उसका अपना संबंध या सवाल है [It does not affect him ~], 2 विलक्षण या अनोखे ढंग से [They dress ~], 3 अत्यन्त [~annoying]

pecuniary पिक्यू-निअरि *a* 1 धन का, धन-संबंधी, वित्तीय, आर्थिक [~ aid, difficulties, etc.], 2 (of offence) जिसमें जुर्माना लगे, अर्थदण्ड योग्य

pedagogue पे´ड-गॉ´ग *n* (*arch* or *derog*) बच्चों को पढ़ाने वाला, (पुस्तकविद्या का गर्व करने वाला) अध्यापक, मास्टर; **pedagogic(al)** पे´ड-गॉ´जिक-ल -गॉ´गिक-ल *aa* शिक्षा से संबंधित, शैक्षिक

pedagogics पे´ड-गॉ´जिक्स *n* =foll.

pedagogy पे´ड-गॉ´जि, -गॉ´गि *n* शिक्षाशास्त्र, अध्यापन-कला

pedal[1] पे´डल *n* 1 पैर से चलाने का पुर्ज़ा, (साइकिल आदि का) पैडल, 2 पियानो का वह पुर्ज़ा जिसे पाँव से दबा कर आवाज़ घटाई-बढ़ाई जाती है; पादक, पैडल, **soft pedal** हल्की आवाज़ निकालने का पैडल, **soft pedal** *vi* & *t* (see soft); **loud pedal** ऊँची आवाज़ निकालने का पैडल

pedal[2] *vi* & *t* 1 (piano) पादक या पैडल दबाना, 2 (bicycle) पैडल मारना, *vt* (साइकिल) चलाना

pedal[3] *a* (*zool*) पाँव का

pedant पे´डन्ट *n* 1 पुस्तक-विद्या को जरूरत से ज्यादा महत्त्व देने वाला; पांडित्य का प्रदर्शन करने वाला, पांडित्यप्रिय, 2 सिद्धान्त या नियम के यथातथ अनुसरण पर जोर देने वाला, अतिनियमनिष्ठ, कोरा सिद्धांतवादी

pedantic पिडैन्टिक *a* 1 पंडिताऊ, 2 पांडित्य-प्रदर्शन का, किताबी, 3 कोरा सिद्धान्तवादी

pedantry पे´डन्ट्रि *n* 1 पंडिताऊपन, पांडित्य-प्रदर्शन, 3 नियमों का यथातथ अनुसरण, अतिनियम-निष्ठा; 4 कोरी सिद्धांतवादिता

peddle पे´डल *vi* & *t* 1 फेरी लगाना, 2 छोटे-मोटे कामों में व्यस्त रहना, फ़जूल कामों में समय गंवाना, 3 थोड़ी-थोड़ी मात्रा में देना, *vt* फेरी लगा कर (माल) बेचना

pedestal पे´-डिस्टल *n* 1 (मूर्ति, खंभे आदि का) आधार, (खंभे की) कुर्सी, (मूर्ति की) चौकी, पीठिका, 2 *fig* ऊंचा आसन, ऊंचा पद, **to put** *or* **set s.o. on a pedestal** किसी को बहुत बड़ा समझना, बड़ा सम्मान करना, आसमान पर चढ़ाना, 3 नींव, बुनियाद, आधार, मूल (*lit* or *fig*)

pedestrian पिडे´स्ट्रिअन *a* & *n* 1 पैदल चलने वाला, पैदल पदयात्रा का; 2 (of style) नीरस, शुष्क, अरोचक; *n* पैदल चलने वाला, पदयात्री; 3 **~ crossing** पैदल (चलने वालों के लिए) पारपथ; **~ traffic** पैदल यातायात; **~ism** 1 पैदल (चलने का) व्यायाम; 2 (शैली आदि की) नीरसता

pediatrician पीडिअ-ट्रिशन *n* बालरोग-विशेषज्ञ, शिशु-चिकित्सक

pediatrics पीडि-ऐट्रिक्स *n* बालरोग-विज्ञान, शिशु-चिकित्सा

pedicab पे´डि-कैब *n* साइकिल-रिक्शा

pedicel पे´डिसल *n* पौधे या प्राणी में छोटी डंडी-जैसा अवयव; पुष्पवृन्त, वृन्त, वृन्तक; **pedicle** (पे´डिकल) *n*=pedicel

pedicular, -lous पिडिक्युलर, -लस *aa* 1 (of disease) जुँओं से होने वाला, यूकाजन्य, 2 जुँओं से भरा हुआ

pedicure पे´डि-क्युअर *n* & *vt* 1 पांव की चिकित्सा; नख-शृंगार; 2 पादचिकित्सक; *vt* पाद-चिकित्सा करना

pedigree पे´डिग्री *n* 1 वंशावली, वंशवृक्ष, 2 वंश, कुल; (esp of animal) नसल, नस्ल, 3 (of word) व्युत्पत्ति, *attrib* अच्छी या शुद्ध नसल का [~ dog, cattle etc.]

pediment पे´डिमन्ट *n* (यूनानी शैली की इमारत के माथे पर की) तिकोनी चोटी, त्रिकोण शीर्ष

pedlar पे´डलर *n* 1 फेरी वाला, 2 *fig* सुनी-सुनाई बात दोहराने वाला, pedlar of gossip गप मारने वाला, अफ़वाह फैलाने वाला; **~y** *n* फेरी लगाना, फेरी वाले का काम

pedology पिडॉ´ल-जि *n* धरती की ऊपरी परत

की मिट्टी का अध्ययन; मृदा-विज्ञान

pedometer पिडॉमिटर *n* कदमों की गिनती अंकित करके पैदल तै की गई दूरी मापने का यन्त्र, पदगणित्र

peduncle पिडङ्कल *n* (*bot*) फूल या फल की डंडी, गुच्छे की मुख्य डंडी, पुष्पदण्ड, पुष्पपुंजदण्ड; पुष्पावलीवृन्त, वृन्तक, **peduncular, pedunculate** *aa* डंडीदार, वृन्तयुक्त, वृन्तकी

peel^1 पील *n* तन्दूर में डबल रोटी डालने-निकालने का बेलचा

peel^2 *n* (सन्तरे, सेब, आलू आदि का) छिलका, (पेड़ की) छाल

peel^3 *vt* & *i* 1 (फल का) छिलका उतारना, छीलना, (पेड़ की) छाल उतरना, **2 to keep one's eyes ~ed for sth** = to keep one's eyes open (see eye), 3 *vi* छिलका या छाल उतरना, 4 (छिलके की तरह) उतरना, पपड़ी उतरना, छिलना, छिल जाना, चमड़ा उधड़ना [*The paint, the skin, is peeling off*], **~er** *n* छीलने का उपकरण, **~ing** *n* (उतरा हुआ) छिलका, (उतरी हुई) पपड़ी

peep^1 पीप *n* & *vi* (पक्षिशावक, चूहे आदि की) चीं-चीं, चूं-चूं, (पक्षी की) चहक, चहचहाहट, कूक, कूजन; *vi* चीं-चीं करना; चहकना, चहचहाना

peep^2 *vi* 1 (छिद्र में से) झांकना [to ~ **through a hole**], 2 छिपकर देखना, ताकना, झांकना [to ~ **at, into**, etc.], 3 (of daylight) झलकना; (of distant object) to ~ **out** कुछ-कुछ दिखाई देना, निकलना [The moon ~ed out from behind the clouds], **~er** झांकने वाला

peep^3 *n* 1 झांक, ताक-झांक, 2 प्रथम दर्शन, झलक, उदय, at ~ of dawn, of day पौ फटते ही, दिन निकलते ही, 3 *comb*: **~-hole** निरीक्षण-छिद्र, झांकने का छिद्र, झरोखा

peer^1 पिअर *n* 1 समाज में किसी से समान दर्जे का व्यक्ति, (किसी भी दृष्टि से) बराबर का आदमी, समकक्ष, तुल्य, 2 (ब्रिटेन में) सामन्त, नवाब, आदि (*i.e.* duke, marquis, earl, viscount, baron)

peer^2 *vi* ताकना, झांकना, ध्यान से देखना [to ~ **at, into, over**, etc.]

peerage पिअ-रिज *n* 1 ब्रिटिश सामन्त वर्ग, 2 कुलीन वर्ग, 3 ड्यूक, मार्क्विस आदि का पद (see peer^1)

peerless *a* बेजोड़ अद्वितीय, अनुपम

peeved पीव्ड *a* (*sl*) क्रुद्ध, नाराज, बिगड़ा हुआ, झल्लाया हुआ, चिड़चिड़ा

peevish पीविश *a* चिड़चिड़ा, कर्कश, बदमिजाज, झगड़ालू; **~ness** *n* चिड़चिड़ापन, कर्कश स्वभाव, बदमिज़ाजी

peg^1 पेग *n* 1 (टोपी, कपड़े आदि लटकाने की) खूंटी, (तंबू की रस्सी बांधने का) खूंटा, मेख, कील, 2 (पीपे या ढोल का मुंह बन्द करने की) मोटी कील, **a square peg in a round hole** (see hole), 3 (*fig*) **a peg to hang** (a discourse, grievance, etc) **on** (बात कहने का, शिकायत करने का) अवसर या बहाना, 4 (*fig*) **to take s.o. down a peg** (or two) किसी को नीचा दिखाना, अपमानित करना, घमंड तोड़ना, 5 ब्रांडी और सोडा-वाटर का पेय; इसकी मात्रा-विशेष, पेग

peg^2 *vt* & *i* (-gg-) 1 (चीज को) कील से जड़ना या जकड़ना, 2 (*st Exch*) **to peg the exchange** शेयरों आदि के भाव को घटने-बढ़ने से रोकना (अर्थात् निश्चित मूल्य पर पर्याप्त शेयर खरीद कर उनका भाव घटने से और बेच कर बढ़ने से रोकना), भाव स्थिर रखना; (कीमतें, मजदूरी, विनिमय-दर आदि) स्थिर करना; 3 (with *prepp*) **to peg away** (at sth) अध्यवसायपूर्वक काम करना, डट कर काम करना, to ~ **down** (रस्सी आदि को) खूंटे से बांधना, **to peg down to rules** etc. नियमों का पाबंद करना, नियमों का दृढ़ता से पालन करवाना, नियमों से इधर-उधर न होने देना, to ~ **sth out** खूंटे गाड़ कर निशान लगाना; to ~ out a claim खान खोदने के लिए मिली ज़मीन पर खूंटे से निशान लगाना; to ~ **out** (*sl*) मरना

Pegasus पेगसस *n* 1 (*Gk myth*) पंखों वाला घोड़ा (जिसके खुर मारने से पर्वत से चश्मा फूट निकला था), 2 *fig* कवित्व शक्ति, काव्य-प्रतिभा

pejorative पिजॉर-टिव *a* & *n* निन्दासूचक (शब्द) [*e.g.* -aster in poetaster is a ~ suffix]

Pekin(g)ese *a* & *n* 1 (चीन के नगर) पीकिङ्ग (now (Beijing) का (निवासी), 2 लम्बे बालों वाला बौना चीनी कुत्ता, 3 चीन की एक मुख्य भाषा

pelage पेलिज *n* पशु के बाल या लोम, ऊन, समूर आदि

pelagion पि-लेजिअन *a* & *n* गहरे समुद्र का, अगाध सागर का; गहरे समुद्र में होने वाला; समुद्र-निवासी (जन्तु)

pelagic पि-लैजिक *a* 1 गहरे समुद्र का, गहरे समुद्र में किया जानेवाला; **~sealing** गहरे समुद्र में सील-मछली (seal) का शिकार, 2 गहरे समुद्र (के ऊपरी स्तरों) में रहने वाला [~ fauna]

pelargonium पेलॉर्-गोनिअम *n* सुन्दर फूलों और सुगंधित पत्तों वाले पेड़ों की किस्में (pop) = geranium

pelf पेल्फ़ *n* (usu *derog*) धन-दौलत, रुपया-पैसा

pelican पेलिकन *n* एक मत्स्य-भक्षी बड़ा समुद्री पक्षी हवासिल; ~ **crossing** पैदल-पारपथ

pelisse पिलीस *n* औरतों का टख़नों तक का चोग़ा

pellagra पिलेग्रः *n* लोम्बर्डी (इटली) में होने वाला रोग जिसमें त्वचा फट जाती है और रोगी प्रायः पागल हो जाता है, पेलाग्रा

pellet पे॑लिट *n* & *vt* 1 कागज़, आटे आदि की गोली, 2 औषध की गोली, टिकिया, बटी, वटिका, गुटिका, 3 मिट्टी की गोली, गुलेला, 4 बन्दूक की छोटी गोली, छर्रा; *vt* किसी को (वि० कागज़ की) गोलियां मारना

pellicle पे॑लिकल *n* 1 पतली त्वचा, उच्चर्म, 2 झिल्ली, 3 पतली परत; **pellicular** पे॑-लिक्यूलर *a* पतली त्वचा का, झिल्ली-जैसा

pell-mell पे॑ल्-मे॑ल *adv*, *a* & *n* अव्यवस्थित ढग से, बिना क्रम के, उल्टे-सीधे, इधर-उधर, *a* अव्यवस्थित, क्रमरहित, बेतरतीब, उल्टा-सीधा, उल्टा-पुलटा (-पुलटा), गड़बड़, अस्तव्यस्त, तितर-बितर, *n* अव्यवस्था, उलटपलट (-पुलट), गड़बड़ी, बेतरतीबी

pellucid पि-ल्यूसिड *a* 1 निर्मल, विमल, स्वच्छ, साफ़, स्फटिकवत्; पारदर्शी, 2 (of style) प्रसाद-गुणयुक्त, 3 (of mind) सुलझा हुआ; **~ity** *n* 1 निर्मलता, स्वच्छता, पारदर्शिता, 2 प्रसाद (गुण), 3 दिमाग़ का सुलझा हुआ होना

pelmet पे॑ल्मिट *n* (पर्दे के डंडे को छिपाने के लिए) खिड़की या दरवाजे के ऊपर लगी पटिया, पैंलिमट

pelota पि-लोटः *n* (स्पेन के बास्क Basque प्रदेश का) टैनिस-जैसा खेल

pelt^{1} पे॑ल्ट *n* 1 भेड़ या बकरी या समूरवाले किसी जानवर की खाल, समूरयुक्त खाल, 2 लोम-रहित कच्चा चमड़ा

pelt^{2} *vt* & *i* & *n* 1 (पत्थर आदि) फेंक कर मारना, बरसाना, बौछार करना [to ~ s.o. **with** stones, to ~ stones **at** s.o.], 2 *vi* (of rain etc) ज़ोर से बरसना, मूसलाधार बरसना [The rain was ~ing **(down)**], 3 पत्थर आदि मारते जाना, गोलियां बरसाते जाना [to pelt **at**], 4 He was off as fast as he could pelt वह सिर पर पैर रख कर भागा; *n* फेंक; रफ़्तार, गति, तेज़ी (at) **full ~** जितना तेज़ हो सके, पूरी तेज़ी से; **pelting** *a*. pelting rain मूसलाधार वर्षा, धारासंपात या धारासार वृष्टि

peltry पे॑ल्ट्रि *n* (f. pelt^{1}) 1 चमड़ा, खालें, समूरदार खालें, 2 चमड़े या समूरदार खालों का व्यापार

pelvic पे॑ल्विक *a* (f. foll) वस्तिप्रदेश का, श्रोणिप्रदेश का

pelvis पे॑ल्विस *n* (*anat*) कूल्हे की दोनों हड्डियों और त्रिकास्थि से घिरा हुआ कटोरे-जैसा प्रदेश, वस्ति, वस्ति-प्रदेश, श्रोणि, श्रोणि-प्रदेश

pemphigus पे॑म्फ़िगस *n* (*path*) त्वचा पर छाले या फफोले बनना, फफोला रोग

P.E.N. पे॑न (see *abbrs*)

pen^{1} पे॑न *n* 1 (गाय-भैंसों, भेड़-बकरियों या मुर्गियों का) बाड़ा; 2 घिरा हुआ स्थान, घेरा, हाता, 3 पनडुब्बियों को सुरक्षित खड़ा करने का स्थान, पनडुब्बीशाला

pen^{2} *vt* (गाय-भैंसों या भेड़-बकरियों को) बाड़े में बन्द करना, (व्यक्ति को) कमरे आदि में बन्द करना, रोक रखना, कैद करना [to ~ **up, in**]

pen^{3} *n* & *vt* 1 लेखनी, कलम, to put pen to paper (see paper, 1), 2 लिखना, लिखने का काम या व्यवसाय [He made a living with his ~], 3 लिखने की शैली, (लेखन-) शैली; He weilds a formidable ~ उसकी शैली बड़ी ज़ोरदार या ओजस्विनी है, 4 *comb*: **pen-friend** पत्र-व्यवहार द्वारा बना मित्र, पत्रमित्र, **~knife** छोटा चाकू, जेबी चाकू, कलम-तराश; **penman** लेखक, लिक्खाड़; **penmanship** लेखन-कला; साहित्य-रचना; साहित्यिक शैली; **pen-name** (लेखक का) उपनाम; **~-tray** कलमदान, *vt* लिखना [to ~ a letter, to ~ a few lines]

pen^{4} *n* हंस की मादा, हंसी

penal पीनल *a* 1 दण्ड-संबंधी, दण्ड देने का, **~ law** दण्डविधि, **~ code** दण्डविधान, दण्ड-संहिता, 2 दण्डात्मक, दण्डस्वरूप, **~ rent** दण्ड-स्वरूप किराया, **~ servitude** कठोर श्रम सहित कारावास, कड़ी कैद, 3 **~ colony** दण्डित लोगों या कैदियों की बस्ती, अपराधियों की बस्ती

penalize पीन-लाइज़ *vt* 1 दण्डनीय बनाना, दण्डनीय घोषित करना, 2 दण्ड देना, जुर्माना करना [to ~ s.o. **for** sth]

penalty पे॑नल्टि *n* 1 (कानून, नियम आदि भंग करने का) दण्ड, सज़ा, the death ~ मृत्यु-दण्ड; **on, under, penalty of death etc.** मृत्यु आदि की धमकी देकर; 2 अर्थदण्ड, जुर्माना, हर्जाना; to pay the ~ of... का दण्ड भुगतना; का जुर्माना देना, दण्ड भरना; 3 *sport* (नियम भंग करने का) दण्ड, पेनल्टी [~ hit, kick, etc]

penance पे॑नन्स *n* 1 तपस्या, संयम, आत्मनिग्रह, 2 प्रायश्चित्त, **to do ~** (for one's sins etc) पापों का प्रायश्चित्त करना

penates पिनाटीज़ *n pl* (*Rom. myth*) गृहदेवता, कुलदेवता

pence पे॑न्स *n* (see penny)

penchant F पांशां, पे॑न्चन्ट *n* प्रवृत्ति, झुकाव, रुझान, रुचि, शौक [~ **for** sth]

pencil^{1} पे॑न्सिल *n* 1 पेन्सिल, lead ~ सुरमे की पेन्सिल, 2 (*optics*) ~ of rays बिन्दु पर मिलने वाली किरणों का समूह, किरणावली, 3 चित्रकार की कूंची, कूचिका; *fig* चित्रकार की शैली

pencil^{2} *vt* (-ll-) पेन्सिल से निशान लगाना, पेन्सिल से लिखना [to ~ a note]

pendant पे॑न्डन्ट *n* 1 (वि० गले के हार से) लटकने वाला आभूषण, लटकन, 2 =pennant, 1.

3 साथ की चीज़ [~ to]

pendency पे॑न्डन्सि *n* (f. foll) विचाराधीन होना, विचाराधीनता, विचाराधीन होने की स्थिति

pendent पे॑न्डन्ट *a* 1 लटकने वाला, लटकता हुआ, लम्बमान [~ rocks], 2 (of plant) झुका हुआ, मुरझाया हुआ, 3 *law* जिसका फैसला न हुआ हो, अनिर्णीत, विचाराधीन (=pending)

pendente lite L. **पे॑न्डेन्टि** लाइटि *adv* जब तक कि मामले का फ़ैसला न हो जाये, फ़ैसला होने तक

pending पे॑न्डिङ्ग *a* & *prep* जिसका फैसला न हुआ हो, अनिर्णीत, विचाराधीन [a ~ bill]; *prep* 1 के दौरान (में), के होने तक, ~ these negotiations जब तक कि यह बातचीत चल रही हो, 2 पर्यन्त, तक, ~ his return उसके लौटने तक

pendulate पे॑न्ड्युलेट *vi* 1 झूले की तरह आगे-पीछे होना, झूलना; 2 *fig* अस्थिरचित्त होना, डांवांडोल होना

penduline पे॑न्ड्युलाइन *a* 1 (of nest) लटकता हुआ, लटका हुआ, 2 (of bird) लटकता घोंसला बनाने वाला

pendulous **पे॑न्ड्युलस** 1 लटकता हुआ, लटका हुआ [~ lip, flower, nest], 2 हिलता-डोलता, झूलता हुआ, झूलने वाला, झूलना, दोलायमान

pendulum पे॑न्ड्युलम *n* 1 (घड़ी का) लोलक, 2 लटकन, 3 **swing of the ~** दो विरोधी राजनीतिक दलों का बारी-बारी से सत्तारूढ़ होना; जनमत का कभी एक दल के पक्ष में होना और कभी दूसरे के

Penelope पने॑ल-पी *n* पतिव्रता नारी, सीता-सावित्री [*Gk myth*: the wife of Odysseus, who remained faithful to him during his absence at Troy]

penetrable पे॑नि-ट्रबल *a* जिसके भीतर कोई चीज घुसेड़ी जा सके, प्रवेश्य, वेश्य, भेद्य

penetrate पे॑निट्रेट *vt* & *i* 1 प्रवेश करना, घुसना, घुसेड़ना, 2 वेधन करना, छेदना, चुभना, बींधना, 3 व्याप्त करना, व्याप्त होना, 4 *fig* समझना, जान लेना, बूझना, भांपना [to ~ s.o.'s mind, meaning, the truth, etc], 5 *vi* to ~ **into, to,** sth किसी चीज में, किसी चीज तक, घुस जाना; to ~ ~ **through** के आर-पार होना

penetrating *a* 1 छेदने वाला, चुभने वाला, वेधनशील, तीक्ष्ण, पैना, तेज, 2 (of sound) तीव्र, ऊंचा, 3 (of mind) छिपी बात या रहस्य जान लेने वाला, तह तक पहुंचने वाला, सूक्ष्मदर्शी, कुशाग्र; 4 *chem* प्रवेशी

penetration पे॑नि-ट्रेशन *n* 1 घुसना, घुसेड़ना, धंसना, धंसाना, प्रवेश, वेधन, 2 (of mind) तह तक पहुंचने की शक्ति या योग्यता, कुशाग्रता, सूक्ष्मदर्शिता

penetrative पे॑नि-ट्रेटिव *a*=penetrating

penguin पे॑ङ्ग्विन *n* दक्षिणी गोलार्द्ध का समुद्री पक्षी-विशेष, पेंग्विन

penial *a* लिंग या शिश्न का

penicillin पे॑निसि-लिन *n* कुछ रोगों के कीटाणुओं की उत्पत्ति रोकने वाली (antibiotic) औषध-विशेष (जो पहले-पहल फफूंदी से बनाई गई थी), पेनिसिलिन, पेंसिलीन

peninsula पि-निन्स्यूल: *n* प्रायद्वीप

peninsular पि-निन्स्युलर *a* & *n* प्रायद्वीप का, प्रायद्वीपीय, प्रायद्वीप-जैसा, प्रायद्वीपवत्; the P~ War स्पेन और पुर्तगाल की धरती पर अंग्रेज़ों और फ्रांसीसियों का युद्ध (1808-1814); *n* प्रायद्वीप-निवासी

peninsulate पि-निन्स्युलेट *vt* (भूखण्ड को) प्रायद्वीप बनाना

penis पीनिस *n* लिंग, शिश्न

penitence पे॑निटन्स *n* पश्चात्ताप, पछतावा, अनुताप, प्रायश्चित्त

penitent पे॑नि-टन्ट *a* & *n* जिसे पश्चात्ताप हो रहा हो, पश्चात्ताप करने वाला, अनुतप्त, *n* (पाप का) प्रायश्चित करने वाला

penitential पे॑नि-टे॑न्शल *a* प्रायश्चित्त का, प्रायश्चित्तविषयक, प्रायश्चित्तस्वरूप

penitentiary पे॑नि-टे॑न्शरि *n* & *a* 1 कैदियों का सुधार-घर, (U.S.) जेल, कारागार, 2 पोप के दरबार का वह विभाग जहां प्रायश्चित्त, क्षमादान आदि के संबंध में निर्णय किया जाता है, प्रायश्चित्त विभाग, *a* प्रायश्चित्त का, सुधार का, सुधारात्मक

pennant पे॑नन्ट *n* (*naut*) 1 (मस्तूल की चोटी पर फहराने का) लंबा झंडा, लंबी पताका, 2 मस्तूल की चोटी से लटकने वाली छोटी रस्सी (जिसके निचले सिरे पर बने फंदे में अंकुड़ा फंसाया जा सकता है)

penniless *a* निर्धन, कंगाल, दरिद्र

pennon पे॑नन *n* 1 (सेना का) लम्बा किन्तु कम चौड़ा झंडा; 2 मस्तूल पर फहराने का लंबा नोकदार झंडा, 3 नामसहित स्कूल आदि का झंडा, पताका, फरहरा

penny पे॑नि *n* 1 (*coin* : *pl* **pennies**) अंग्रेज़ी सिक्का, पाउंड का सौवां भाग [He gave me the charge in pennies], 2 (*value*: *pl* pence) **a pretty ~** बहुत सा धन, अपार धनराशि, भारी रकम [The building will cost a pretty penny]; **in for a ~,** in for a **pound** आरंभ किया हुआ काम तो पूरा करना ही है, चाहे उस पर एक पैसा खर्च आये चाहे रुपया, to **turn an honest penny** मेहनत और ईमानदारी से थोड़ा-बहुत कमा लेना, 3 *comb*: (of writing) **~-a-line,** *a* हल्का, मामूली, घटिया; ~-a-liner घटिया लेखक, भाड़े का लेखक या पत्रकार; **~ wise** छोटे-छोटे खर्च के संबंध में बड़ी सावधानी बरतने वाला, to **be ~ wise and pound foolish** अशरफ़ियां लुटें, कोयलों पर मोहर; **~-worth** जितना एक पेनी से ख़रीदा जा सके, बहुत थोड़ा;

not a ~-worth तनिक भी नहीं

pennyroyal पॅनि-रॉइल *n* (*bot*) एक प्रकार का पुदीना

penologist पीनॉल-जिस्ट *n* (f. foll) दण्ड-विज्ञानी

penology पीनॉल-जि *n* दण्ड और जेल-प्रबन्ध की विद्या, दण्डविज्ञान, दण्डशास्त्र

pensile पॅन्-साइल *a* 1 लटकता हुआ, लटका हुआ, लम्बमान, 2 (of bird) लटकता घोंसला बनाने वाला

pension^1 पॅनशन *n* 1 अवकाशप्राप्त कर्मचारी को दी जाने वाली वृत्ति या वेतन, निवृत्ति-वेतन, पेन्शन, 2 (सार्वजनिक उपयोगिता का काम करने वाले वैज्ञानिक, कलाकार आदि को दी जाने वाली) भृति, पेन्शन, 3 old-age ~ (निश्चित आयु से ऊपर के) वृद्धों को दी जाने वाली पेन्शन, वार्धक्य-भृति; पेन्शन, 4 (pronounced as F पांसिओं) यूरोप में एक प्रकार का बोर्डिङ्ग-हाउस; to live en pension बोर्डिङ्ग हाउस में या किसी के यहाँ खर्चा देकर रहना

pension^2 *vt* पेन्शन देना, निवृत्ति-वेतन देना, to ~ off (पेन्शन देकर) सेवानिवृत्त करना, रिटायर करना

pensionable *a* (नौकरी आदि) जिससे रिटायर होने पर पेन्शन मिले, पेन्शन-योग्य, पेन्शनी [~post, service, etc]

pensionary पॅन्श-नरि *a* & *n* 1 पेन्शन का, पेन्शन-संबंधी, पेन्शनी, पेन्शन पाने वाला (व्यक्ति), 2 भाड़े के टट्टू

pensioner पॅन्शनर *n* पेन्शन पाने वाला, पेन्शन-भोगी, पेन्शनर

pensive पॅन्सिव *a* 1 विचारमग्न, विचारों में डूबा हुआ, ध्यानमग्न, 2 चिन्ताग्रस्त, चिन्तित, उदास, खिन्न, सोच में पड़ा हुआ; ~ness *n* 1 विचारमग्न रहने का स्वभाव, दिवास्वप्न देखने का स्वभाव, 2 उदासी, खिन्नता

penstock पॅन्स्टॉक *n* बाढ़-द्वार (see flood-gate)

pent पॅन्ट *a* 1 **pent in** *or* **up** सब तरफ़ से बन्द किया हुआ, रुका हुआ, अवरुद्ध, 2 **pent up** feeling, emotion दबी हुई भावना

pentacle पॅन्ट-कल *n* पंचकोण तारा (अभिचार कर्म में प्रयुक्त एक चिन्ह या प्रतीक)

pentad पॅन्टैड पांच की संख्या, पांच का समूह या समुदाय, पंचक

pentagon पॅन्ट-गन, *n* 1 पंचभुज, पंचकोण, 2 the P~ (वाशिंगटन में) अमरीकी रक्षाविभाग (का पंचकोणीय भवन); अमरीका के सेनानायक; ~al *a* पंचभुजीय, पंचकोणीय, पंचकोना

pentagram पॅन्टग्रैम *n* पंचकोना तारा

pentahedron पॅन्टहेड्रन *n* पांच तलों या सतहों वाली ठोस आकृति, पंचतल

pentameter पॅन्टैमिटर *n* (*pros*) दो-दो अक्षरों (syllable) वाले पांच गणों (अर्थात् दस अक्षरों) का छन्द

pentathlon पॅन्टैथ्लन *n* पांच विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता, प्रतियोगिता-पंचक (cf. decathlon)

Pentateuch पॅन्ट-ट्यूक *n* पुरानी इंजील के पहले पांच खण्ड, पंचग्रन्थ

Pentecost पॅन्टिकॉस्ट *n* यहूदियों का फ़सल काटने का त्योहार; लवन-पर्व

penthouse पॅन्ट्-हाउस *n* 1 छज्जे की तरह बाहर को निकली हुई ढालुवां छत, कनोपी; 2 सायबान, ओसारा

pent-roof पॅन्ट्-रूफ़ *n* एक ही तरफ़ ढलान वाली छत, ढालू छत

penult पिनल्ट, **penultimate** (पिनल्टिमट) *a* & *n* अन्तिम से पहला, उपान्त्य, *n* उपान्त्य अक्षर

penumbra पिनम्ब्र: *n* (*pl* ~e *or* ~s) 1 (अपारदर्शी पिंड की छाया के ईर्द-गिर्द) हल्की छाया (वि० ग्रहण के समय चन्द्रमा या पृथ्वी की छाया के निकट की हल्की छाया), उपच्छाया

penurious पिन्युअ-रिअस *a* 1 निर्धन, गरीब, दरिद्र, कंगाल, 2 कंजूस, कृपण, सूम, बहुत थोड़ा देने वाला; ~ly *adv* कंजूसी से

penury पॅन्युअरि *n* 1 निर्धनता, गरीबी, दरिद्रता, कंगाली, 2 अभाव, कमी [~ of sth]

peon पीअन, प्यून *n* 1 (in India) चपरासी, अरदली, 2 (Sp-Amer) दिन में काम करने वाला मज़दूर, दिवा-श्रमिक

peony पीअनि *n* लाल या सफ़ेद रंग के बड़े-बड़े गोल फूलों वाला पौधा, पियोनिया

people^1 पीपल *n* I (*pl* ~s) जाति, कौम, the English ~ अंग्रेज कौम; a warlike ~ युद्धप्रिय जाति; English-speaking ~s अंग्रेज़ी-भाषी जातियां, the ~s of Asia एशियाई जातियाँ, II (*collect* with plural construction) 1 लोग, आदमी [young ~, old ~, one thousand ~]; 2 घर के लोग, सगे-संबंधी, रिश्तेदार, भाई-बन्द [My ~ do not agree], 3 (राज्य या राष्ट्र की) जनता, लोग, **Government by the people** जनता (के प्रतिनिधियों) का शासन; the ~ at large जनसाधारण, आम लोग; 4 प्रजा [The king and his ~]

people^2 *vt* 1 बसाना, आबाद करना, 2 (पशुओं को) रखना, (पशुओं से) भरना, 3 *vi* बसना, आबाद होना [esp. in *pp*; a thickly ~d country]

pep पॅप *n* (*sl*) जोश, उत्साह, साहस, दम, ज़ोर, बल [full of pep]; **~ talk** उत्साहवर्द्धक वचन

pepper^1 पॅपर *n* 1 काली मिर्च, गोल मिर्च, 2 कोई चरपरी चीज़, 3 *comb*: **pepper-and-salt** काली और सफ़ेद बिन्दियों वाला ऊनी कपड़ा; **~-box, ~-coster** मिर्चदानी

pepper^2 *vt* 1 (काली) मिर्च छिड़कना, 2 (शत्रु

पर) गोलियों की बौछार करना, 3 घोर दण्ड देना

peppermint पे॑पर्-मिन्ट *n* 1 पुदीना जाति का पौधा, 2 इस का तेल, 3 (इसके तेल से सुगन्धित) मीठी टिकिया, पिपरमिन्ट

peppery पे॑परि *a* 1 मिर्च-जैसा, चरपरा, चटपटा, मिर्चों से भरा हुआ, 2 *fig* तीखा, चुभने वाला, कटु, 3 गरम मिज़ाज, तेज़ मिज़ाज, क्रोधी

pepsin पे॑प्सिन *n* अमाशय-रस में पाया जाने वाला पाचक पदार्थ-विशेष, पेप्सिन; **peptic** पे॑प्टिक *a* पाचक [peptic glands]; **peptone** पे॑प्टोन *n* पाचन क्रिया द्वारा प्रोटीन का परिवर्तित रूप, पेप्टोन

per पर I (as English *prep*) 1 के द्वारा, के माध्यम से [sent ~ bearer, ~ post, ~ rail, etc], 2 **as per** के अनुसार, के मुताबिक, as per invoice बीजक के अनुसार, as per instructions अनुदेशानुसार, as per sample नमूने के मुताबिक; 3 प्रति, प्रत्येक, हर [~ day, ~ hour], II (as Lat. *prep*) प्रति, ~ annum प्रति वर्ष; ~ diem = ~ day; ~ mensem = ~ month; **per caput** पर्-कैपट, **per capita** पर्-कैपिटः, प्रति व्यक्ति; ~ **cent(um)** प्रतिशत, **per contra** *adv* (खाते की) दूसरी ओर; settlement ~ contra देनदारी को लेनदारी से चुकाना; ~ **saltum** तुरन्त, फौरन, एक ही बार में, **per se** स्वतः, अपने में, वस्तुतः

peradventure परड्वे॑न्चर *adv* & *n* (*arch or joc*) शायद, संभवतः [~ he is mistaken], *n* अनिश्चितता, सन्देह; beyond *or* without ~ निस्सन्देह

perambulate परैम्ब्युलेट *vt* & *i* 1 में घूमना-फिरना, की सैर करना, to ~ one's garden अपने बाग में घूमना-फिरना, 2 निरीक्षण करते हुए (इलाके में से) गुज़रना, गश्त लगाना, 3 जलूस बना कर परिक्रमा करते हुए (पैरिश या अन्य) इलाके की सीमा प्रमाणित या निर्धारित करना [to ~ the parish etc], 4 *vi* जगह-जगह फिरना; **perambulation** *n* 1 सैर, यात्रा, गश्त, पर्यटन, परिभ्रमण, 2 परिक्रमा, प्रदक्षिणा

perambulator परैम्ब्युलेटर *n* बच्चागाड़ी [*colloq abbr*: **pram**]

perceive पर्सीव 1 *vt* मन या इन्द्रियों द्वारा ग्रहण करना, जानना, समझना, बूझना [to ~ the truth], ताड़ना, भाँपना, 2 देखना, सुनना आदि [to perceive an object, a sound, etc], 3 पता लगना, मालूम होना, अनुभूति होना [to ~ that, how, etc]

percentage पर्-से॑न्टिज *n* 1 (संख्या, परिमाण, मूल्य आदि का) प्रतिशत, 2 अंश, भाग [Only a small ~ of the people are literate], 3 अनुपात [~ of alcohol in a wine]

percept पर्से॑प्ट *n* (*philos*) 1 मन या इन्द्रियों द्वारा ग्रहण किया गया पदार्थ, प्रत्यक्ष, 2 मन की उपज, कल्पना, कल्पित पदार्थ

perceptibility *n* इन्द्रियग्राह्यता, बोधगम्यता, अवगम्यता

perceptible पर्से॑प्टिबल *a* मन या इन्द्रियों द्वारा ग्रहण करने योग्य, इन्द्रियग्राह्य, अनुभूतिगम्य, प्रत्यक्ष, स्फूट, स्पष्ट, जो पता लग सके [a ~ change, difference, etc]; **perceptibly** *adv* स्पष्टतः, साफ़

perception पर्से॑प्शन *n* 1 इन्द्रियों द्वारा विषयों का ग्रहण, प्रत्यक्ष बोध, प्रत्यक्ष उपलब्धि, प्रत्यक्ष ज्ञान, (आंख, जिह्वा, नाक, कान आदि) इन्द्रियों के द्वारा (रूप, रस, गन्ध, शब्द आदि) विषयों की अनुभूति, 2 ग्रहण करने की शक्ति, ग्रहण-शक्ति, अनुभूति, 3 बोध, समझ, ज्ञान, प्रतिपत्ति; ~**al** *a* ग्रहण-विषयक, अनुभूति-संबंधी

perceptive पर्से॑प्टिव *a* ग्रहणशील, बोधक्षम; ~**ness**; **perceptivity** *nn* विषयों को ग्रहण करने की योग्यता, बोधक्षमता

perceptual पर्से॑प्चुअल *a* (f. percept) प्रत्यक्षज्ञानात्मक, प्रत्यक्षपरक

perch^1 पर्च *a* 1 पक्षी के बैठने का डंडा, (चिड़ियों का) अड्डा, बसेरा, (कबूतरों की) छतरी, 2 मचान; *fig* ऊँचा या सुरक्षित स्थान; **to knock s.o. off his** ~ मार गिराना, पराजित करना, घमंड तोड़ना, 3 लम्बाई का पैमाना (वि० धरती नापने के लिए) $=5\frac{1}{2}$ गज़

perch^2 *vi* & *t* 1 (of bird) टहनी आदि पर बैठना, आ बैठना; (of person) बैठना, आराम करना [to ~ **upon** sth], 2 (*vt*) ऊँची जगह पर रखना, esp in *pp*; Mussoorie is ~ed on a hill मसूरी पहाड़ी पर बसा हुआ है

perchance पर्-चान्स *adv* शायद, संभवतः, स्यात्

percipient पर्-सिपिअन्ट *a* & *n* ग्रहणशील, ग्रहणशक्तिसंपन्न, बोधक्षम, चेतन, *n* इन्द्रियातीत विषयों को ग्रहण करने वाला, दूर-स्थित व्यक्ति के मन की बात जान लेने वाला

percolate पर्क॑-लेट *vi* & *t* 1 (of liquid) छनना, छन कर आना, टपकना, चूना, रिसना, रसना, थोड़ा-थोड़ा कर के बह निकलना, 2 *vt* (किसी वस्तु में) व्याप्त होना, रिस-रिस कर अन्दर घुसना, 3 (द्रव या चूर्ण को) छानना, टपकाना, चुवाना; 4 to ~ coffee (खौलते पानी को कॉफ़ी-पाउडर से गुज़ार कर) कॉफ़ी बनाना

percolation *n* 1 छनना, छानना, छनाई, 2 (द्रव का पदार्थ में) व्याप्त हो जाना, अन्तःस्रवण, अन्तःस्राव

percolator पर्क॑-लेटर *n* छन्ना, छलनी; स्रावित्र; **coffee** ~ कॉफ़ी बनाने का पात्र

percuss पर्-कस *vt* (*med*) रोग-निदान के लिए उंगली या यन्त्र से हल्का आघात करना, थपथपाना [to ~ the chest]

percussion पर्-कशन *n* 1 एक चीज़ को ज़ोर से

दूसरी पर मारना, टकराना, टक्कर, चोट, आघात, प्रतिघात, परिताड़न; ~ **instrument** आघात या परिताड़न से बजने वाला वाद्ययन्त्र, प्रतिघात-वाद्य [*e.g.* drum, cymbal, piano, etc.], 2 *med* उंगली या यन्त्र से थपथपाना, थपथपाहट, 3 ~ **cap** तोप आदि में बारूद-भरी तांबे की टोपी जिसपर आघात करने से तोप दगती है, आघात-टोपी

percussive पर्-कसिव *a* चोट या आघात करने वाला, टक्कर मारने वाला, आघाती

percutaneous पर्क्यु-टेनिअस *a* त्वचा में से किया जाने वाला, त्वचीय, त्वचाप्रवेशी

perdition पर्डिशन *n* 1 अनन्त यातना, नारकीय यातना, नरक-वास, अधोगति, 2 विनाश, तबाही, बरबादी

perdu, -due पर्ड्यू *a* (*mil*) अगली चौकी पर पहरा देने के लिये छिप कर बैठा हुआ, छिपा हुआ [to lie perdue (fem perdue)]

perdurable पर्ड्युअ-र-बल *a* 1 शाश्वत; 2 टिकाऊ

peregrinate पे॑रिग्रिनेट *vi* (*arch* or *joc*) यात्रा करना, सफ़र करना; **peregrination** *n* यात्रा, सफ़र, भ्रमण, पर्यटन

peregrine पे॑रि-ग्रिन *a* & *n* (*arch*) 1 बाहर से आया हुआ, विदेशी, 2 ~ (**falcon**) एक प्रकार का बाज़ जो दूसरे बाज़ों से लड़ने के लिए प्रसिद्ध है

peremptory परे॑म्प्टरि *a* 1 *law* अन्तिम, निरपेक्ष, जिसमें बहस की गुंजाइश न हो, जिसे मानना अनिवार्य हो, ~ **mandamus** अलंघनीय परमादेश, 2 (of person) कट्टर, निरंकुश, अपनी चलाने वाला, धौंस जमाने वाला, 3 आदेशात्मक [~ tone]; 4 (of statement) जिससे इन्कार न किया जा सके; (of command) अवश्यपालनीय, बाध्यकारी, 5 सुनिश्चित, पक्का, अटल, जिसमें 'ननु न च' न हो सके [~ denial, refusal]; **peremptorily** *adv* 1 निरपेक्ष भाव से, अन्तिम रूप से, 2 बड़े रोब से, धौंस जमाते हुए

perennial परे॑न्यल *a* & *n* 1 सदा रहने वाला, नित्य, शाश्वत, चिरस्थायी, नित्य प्रति का, 2 (of stream) सारा साल बहने वाली, बारहमासी, 3 (of plant) बारहमासी, सदाबहार, कई वर्षों तक रहने वाला; बहुवर्षी; *n*=perennial plant; ~**ly** *adv* बारहों महीने, सारा साल; सदा, नित्य, हमेशा

perfect^1 पर्फ़िक्ट *a* & *n* 1 पूर्ण, परिपूर्ण, त्रुटि-रहित, दोषरहित [God alone is ~], 2 आदर्श, उत्कृष्ट, बढ़िया [a ~ specimen], 3 पूर्ण, पूरा-पूरा, समग्र, ठीक-ठीक, बिल्कुल ठीक, यथार्थ, यथातथ [a ~ knowledge], 4 पारंगत, प्रवीण, निपुण, दक्ष, सिद्धहस्त, 5 नितान्त, बिल्कुल [a ~ idiot, stranger, etc.], 6 *gram* क्रिया के पूरा होने का द्योतक; Present, past, future ~ पूर्ण वर्तमान, पूर्ण भूत, पूर्ण भविष्यत् [has done, had done, will have done], *n* =perfect tense

perfect^2 पर्-फ़े॑क्ट *vt* 1 पूरा करना, संपन्न करना, निष्पन्न करना, 2 त्रुटिरहित या निर्दोष बनाना [to ~ the technique, method, design, etc.], 3 सुधारना, संवारना, परिष्कार करना

perfectible पर्फ़े॑क्ट-बल *a* जिसे सुधारा या संवारा जा सके, जिसकी त्रुटियां या दोष दूर किये जा सकें, परिष्करणीय

perfection पर्-फ़े॑क्शन *n* 1 सब त्रुटियों या दोषों से रहित होना, त्रुटिहीनता, निर्दोषता, पूर्णता, त्रुटियां दूर करना, परिष्कार, 2 पूर्ण विकास, 3 (of task) पूरा किया जाना, संपन्नता, निष्पन्नता, निष्पत्ति, निष्पादन, 4 (loosely) उत्कृष्टता, उत्कर्ष, प्रकर्ष, कमाल, 5 प्रवीणता, निपुणता, दक्षता, कमाल; **perfectionism** *n* यह सिद्धान्त कि मनुष्य धर्म या आचार के विषय में सब दोषों या त्रुटियों से मुक्त हो सकता है, पूर्णतावाद, **perfectionist** पर्फ़े॑क-शनिस्ट *n* पूर्णतावादी, निर्दोषतावादी, उत्कृष्टता-वादी

perfervid पर्-फ़र्विड *a* अति उत्साही, बहुत लगन वाला, बहुत जोशीला, सरगर्म

perfidious पर्-फ़िडिअस *a* (f. foll) विश्वास-घातक, विश्वासघाती, धोखेबाज, दग़ाबाज़, द्रोही, ग़द्दार; ~**ly** *adv* विश्वासघात करते हुए, धोखे से; ~**ness** =foll

perfidy पर्फ़िडि *n* विश्वासघात, धोखा, दग़ा, द्रोह, ग़द्दारी

perforate^1 पर्-फ़रट *a* = perforated (see foll)

perforate^2 पर्-फ़रेट *vt* & *i* 1 सूराख़ करना, छेदना, आर-पार करना, 2 (डाक-टिकटों, अग्रपत्रों आदि को अलग करने के लिए) छिद्र-पंक्ति बनाना, 3 *vi* **to ~ into** अन्दर चला जाना, प्रवेश करना, घुसना, **to ~ through** आर-पार हो जाना; ~**d** *a* छेददार, छिद्रित, छिद्री; **perforation** पर्-फ़रेशन *n* 1 छिद्र, छेद, सूराख़, 2 छिद्र करना, छिद्रण, वेधन; **perforator** पर्-फ़रेटर *n* छिद्र करने की मशीन, छिद्रण-मशीन, छिद्रक

perforce पर्फ़ॉर्स *adv* 1 बलपूर्वक, ज़बरदस्ती, जबरन, 2 विवश होकर, लाचार

perform पर्-फ़ॉर्म *vt* 1 (काम) करना, निष्पन्न करना, (काम, वायदा) पूरा करना, (वचन) निभाना, (कर्तव्य, आदेश आदि का) पालन करना, कार्यान्वित करना, 2 (रस्म) अदा करना, (संस्कार) निष्पन्न करना, (यज्ञ, तप आदि का) अनुष्ठान करना [to ~ a rite, sacrifice, etc.], 3 *vi* नाटक में काम करना, अभिनय करना, 4 (of trained animal) तमाशा दिखाना, करतब दिखाना, ~**ing animals** करतब दिखाने वाले जानवर; ~**ing arts** संगीत, नाटक, नृत्य आदि कलाएं

performance पर्-फ़ॉर्मन्स *n* 1 (i) (कार्य का) निष्पादन, संपादन; ~ budget करणीय कार्य और कृत कार्य का लेखा-जोखा, निष्पादन-बजट, (ii) (कर्तव्य, आदेश, वचन आदि का) पालन, (तप, यज्ञ आदि का) अनुष्ठान, 2 बड़ा काम, कारनामा, 3 (यन्त्र आदि का) काम, चलना, (व्यक्ति का) काम, **to put up a good ~** अच्छा काम कर दिखाना, 4 (नाटक, सिनेमा आदि का) अभिनय, खेल, तमाशा; No ~ tonight आज रात खेल नहीं होगा; (of actor) अदाकारी

performer *n* करने वाला, *mus* कलाकार *theatr* अभिनेता, अभिनेत्री, अदाकार

perfume[1] पर्फ़्यूम *n* & *vt* 1 (जलते हुए पदार्थ से उठने वाला) सुगंधित धुआं, सुगन्ध, सुवास, खुशबू, महक, 2 इत्र, फुलेल; *vt* सुगंधित करना, सुवासित करना, महकाना

perfumer पर्फ़्यूमर *n* इत्र या फलेल बनाने या बेचने वाला, गन्धविक्रेता, गंधी, अत्तार

perfumery पर्फ़्यूमरि *n* 1 सुगंधित द्रव्य, इत्र, फुलेल, 2 इत्र निकालने का स्थान या कारखाना, सुगन्धशाला, 3 इत्र निकालने का काम, अत्तारी

perfunctorily *adv* लापरवाही से, सरसरी तौर पर

perfunctory पर्-फ़ङ्क्टरि *a* 1 दिखाने भर को किया हुआ, लापरवाही से किया हुआ, सरसरी [~ inspection], ~ glance सरसरी दृष्टि; in a ~ manner लापरवाही से, सरसरी तौर पर; 2 लापरवाही से काम करने वाला, लापरवाह [~ inquirer]

perfuse पर्फ़्यूज़ *vt* 1 द्रव छिड़कना [to perfuse with water etc.]; उंडेलना [to ~, water over sth]

pergameneous पर्गमीनिअस *a* चमड़े-जैसा, छिलके-जैसा

pergola पर्गल: *n* जाफ़री पर चढ़ाई हुई बेलों की छत (से ढका हुआ स्थान), परगोला, मंडवा

perhaps पर्हैप्स, प्रैप्स *adv* शायद, संभवत:, स्यात्

perianth पे'रि-ऐन्थ *n* फूल का बाहरी भाग, आवरण, परिदलपुंज

periapt पे'रि-ऐप्ट *n* तावीज़, अभिमंत्रित कवच

pericardium पे'रिकार्डियम *n* हृदय को आवृत करने वाली झिल्लीदार थैली, हृदयावरण

pericarp पे'रि-कार्प *n* (*bot*) बीजकोष, बीजदानी

pericranium पे'रि-क्रेनियम *n* खोपड़ी को आवृत करने वाली झिल्ली, कपालावरण

perigee पे'रि-जी *n* ग्रह (वि॰ चन्द्रमा) की कक्षा पर का वह बिन्दु जहां से वह पृथ्वी के निकटतम होता है (cf. Apogee), उपभू, भूमिनीच

perihelion पे'रि-हीलिअन *n* ग्रह की कक्षा पर का वह बिन्दु जहां से वह सूर्य के निकटतम होता है, अनुसूर्य बिन्दु, सूर्य से न्यूनतम दूरी, उपसौर, रविनीच

peril पे'रिल *n* & *vt* संकट, ख़तरा, जोखिम, भय, डर, आशंका; He is **in ~ of** his life उसका जीवन ख़तरे में है, उसकी मृत्यु की आशंका है; **at one's peril** (अपने लिए) ख़तरा मोल ले कर, अपनी ज़िम्मेवारी पर [you do it at your ~]; *vt* = imperil

perilous पे'रिलस *a* जोखिम का, ख़तरनाक, संकटपूर्ण, संकटमय

perimeter पे'रि-मिटर *n* 1 (हवाई-अड्डे, शिविर आदि के) चारों ओर की सीमा, घेरा, परिधि, परिसीमा; 2 *geom* (आकृति के) घेरे की लंबाई, परिमाप,, 3 दृष्टि-सीमा नापने का यन्त्र, परिमापी

perineum पे'रि-नीअम *n* (*anat*) गुदा और अण्डकोष (या भग) के बीच का भाग

period पिअ-रिअड *n* 1 अवधि, कालावधि, मियाद, समय, काल; ~ of the disease रोग की अवधि या मियाद; ~ of planet's revolution ग्रह का परिक्रमणकाल या आवर्तकाल, 2 (इतिहास की दृष्टि से) युग, ज़माना, काल, **the period** विचाराधीन युग, वर्तमान युग, 3 कालखण्ड, (कक्षा का) घंटा, 4 (वि॰ कई खण्डकाव्यों का बना हुआ) वाक्य [well-rounded ~s], 5 पूर्ण विराम, **to put a period to sth** समाप्त करना, 6 मासिक धर्म का समय

periodic पिअ-रिऑ'डिक *a* 1 ग्रह, नक्षत्र आदि के पूरे चक्कर का, परिक्रमण-संबंधी, 2 हर बार नियत अवधि बीतने पर होने वाला, नियत समय पर होने वाला, नियतकालिक, आवधिक, 3 समय-समय पर होने वाला, आवर्ती

periodical पिअ-रिऑ'-डिकल *a* & *n* 1 *a* = prec, 2 *n* नियत कालान्तराल पर प्रकाशित होने वाली पत्रिका, मासिक पत्रिका, त्रैमासिक पत्रिका आदि; **~ly** *adv* नियत समय पर, समय-समय पर

periodicity पिअरिअडिसिटि *n* नियत अवधि पर होते रहना, आवर्तिता

peripatetic पे'रि-पटे'टिक *a* & *n* 1 घूमता-फिरता, परिभ्रमणशील, पर्यटनशील, घूम-फिर कर काम करने वाला, 2 चूंकि अरस्तू अपने उद्यान (Lyceum) में टहलते-टहलते शिष्यों को पढ़ाया करते थे, अत: P~ = Aristotelean, अरस्तू का, *n* 1 अरस्तू का शिष्य या अनुयायी, 2 *joc* फेरीवाला; **~ally** *adv* घूम-फिर कर

peripheral प-रिफ़रल *a* 1 परिधीय, चक्राकार [~ speed]; 2 सीमावर्ती, उपान्तवर्ती, परिसरीय [~ colonies of Delhi]; 3 कम महत्त्व का, गौण, ऊपरी [~ aspect of a subject]

periphery प-रिफ़रि *n* 1 परिधि, घेरा, 2 सीमा, उपान्त, हद, परिसर, परिवेश

periphrasis प-रिफ़्रसिस *n* (*pl* -ases) घुमा-फिरा कर बात कहना, घुमाव-फिराव की बात, वाक्प्रपंच, वाग्जाल; **periphrastic** पे'रि-फ़्रैस्टिक *a* 1 घुमाव-फिराव का, 2 *gram* विस्तारमय, विस्तृत,

e.g. did go *for* went; son of Raghu *for* Raghu's son

periscope पेरि-स्कोप *n* नली और दर्पण की बनी दूरबीन जिसमें खन्दक या पनडुब्बी में बैठा आदमी बाहर की चीज़ें देख सकता है, परिवीक्षण-यन्त्र, पेरिस्कोप

perish पे॑रिश *vi* & *t* 1 मरना, मारा जाना, [to ~ by the sword], बरबाद होना, नष्ट होना; **Perish the thought!** ईश्वर करे ऐसा (अनर्थ आदि) कभी न हो! 2 (of plant) मुर्झा जाना, सूख जाना, सड़ जाना, मर जाना, 3 *vt* सुखाना, जला देना [The heat had ~ed the vegetation]; 4 to be ~ed with cold सर्दी से सुन्न हो जाना; to be ~ed with hunger भूख के मारे बेहाल या व्याकुल होना

perishable पे॑रि-श-बल *a* & *n* 1 मरणशील, नश्वर, नाशवान्, 2 गल-सड़ जाने वाला, जल्दी ख़राब हो जाने वाला, बिगड़ने वाला, विकारी(य), *n* (in *pl*) ~s जल्दी ख़राब होने वाले पदार्थ (वि० खाद्य पदार्थ, फल आदि), विकारीय पदार्थ

peristalsis पे॑रि-स्टैल्सिस *n* (*physiol*) ख़ुराक की नाली आदि में पेशियों की गति से थोड़ी-थोड़ी देर बाद होने वाली सिकुड़न जिससे ख़ुराक आगे धकेली जाती है, क्रमाकुंचन

peristyle पे॑रि-स्टाइल *n* 1 मन्दिर आदि के इर्द-गिर्द खंभों की पंक्ति, परिस्तम्भ, 2 गोलाकार, स्तम्भपंक्ति से घिरा स्थान

peritoneum पे॑रि-टनीअम *n* (*anat*) पेट या उदर के अन्दरकी तरफ़ की झिल्ली, उदर-झिल्ली, पर्युदर्या

periwig पे॑रि-विग *n* = wig

periwinkle^1 पे॑रि-विङ्कल *n* धरती पर फैलने वाली सदाबहार झाड़ी जिसपर सफ़ेद या हल्के नीले रंग के फूल लगते हैं

periwinkle^2 *n* भक्ष्य घोंघा, खाद्य शंबूक

perjure पर्जर *v refl.* to ~ **oneself** (सच बोलने की शपथ खाकर) झूठी गवाही देना, कूटसाक्ष्य या मिथ्या साक्ष्य देना, **perjurer** पर्जरर *a* झूठी गवाही देने वाला **perjurious** *a* झूठी गवाही या शपथ पर आधारित

perjury पर्जरि *n* (see prec) 1 सशपथ मिथ्या साक्ष्य, 2 शपथ-भंग

perk^1 पर्क *n colloq* (usu in *pl*) = perquisite

perk^2 *vi* & *t* 1 to ~ **(up)** (उदासी या बीमारी के बाद) जी अच्छा होना, हिम्मत बांधना; 2 (*vt*) to ~ **up** one's head, tail सिर उठाना, पूंछ उठाना; 3 to ~ s.o. **up** किसी को चुस्त या फुर्तीला बनाना, में आत्म-विश्वास पैदा करना, 4 (of drink etc.) प्राण फूंकना, जान डालना

perkily *adv* 1 होशियारी से, जागरूकता से, 2 बिना सङ्कोच के, दिल खोल कर

perkiness *n* 1 होशियारी, चुस्ती, जागरूकता, 2 धृष्टता, औद्धत्य, शोख़ी

perky पर्कि *a* 1 अपना अधिकार जताने वाला, 2 धृष्ट, उद्धत, दुर्विनीत, शोख़, 3 प्रसन्नचित्त, ज़िन्दादिल, चुस्त

perm पर्म *n* & *vt* (*colloq*) बालों की स्थायी लहर (बनाना), बालों को लहरदार बनाना

permanence पर्म-नन्स *n* स्थायित्व, स्थिरता, शाश्वतता, टिकाऊपन

permanency पर्म-नन्सि *n* 1 = prec, 2 पक्की नौकरी; स्थायी या पक्का प्रबन्ध

permanent पर्म-नन्ट *n* 1 स्थायी, स्थिर, सदा रहने वाला, टिकाऊ, 2 **permanent way** रेल की पटरी के नीचे की पक्की सड़क, रेल-पथ; ~ly *adv* स्थायी रूप से

permanganate पर्-मैङ्ग-नेट *n* (*chem*) परमैंग-नेट, **potassium** ~ बैंगनी रंग का रोगाणुनाशक पदार्थ जिसे पानी में घोल कर बरतते हैं

permeable पर्मिअ-बल *a* पारगम्य, प्रवेश्य, व्याप्य

permeate पर्मिएट *vt* & *i* 1 प्रवेश करना, घुसना, पारगमन करना, (वस्तु को) व्याप्त करना, (वस्तु में) व्याप्त होना, भर देना, भिगोना, गीला करना, तरबतर करना [The soil is ~d **with** water], 2 (*vi*) फैलना, फैल जाना, रम जाना [to ~ **through, among,** etc.]; **permeation** *n* पारगमन, प्रवेश, (द्रव का) अन्तःसरण, व्याप्ति

permissible पर्-मिसिबल *a* जिसकी अनुमति या इजाज़त दी जा सके, जो होने दिया जा सके, जिसे सहन किया जा सके, अनुमति-योग्य, अनुज्ञेय, क्षम्य

permission पर्मिशन *n* अनुमति, इजाज़त, अनुज्ञा, आज्ञा

permissive पर्-मिसिव *a* 1 अनुमति या इजाज़त देने का, अनुज्ञात्मक; अनुमति देने वाला; ~ **legislation** कानून जिसके द्वारा किसी को कोई अधिकार दिया जाये परन्तु उस अधिकार का बरतना अनिवार्य न हो; 2 अनुज्ञात्मक विधान या कानून, ~ **society** स्वच्छन्द शारीरिक प्रेम आदि की अनुमति देने वाला समाज, वर्जनाहीन समाज

permit^1 पर्-मिट *vt* & *i* (-tt-) & *n* 1 अनुमति देना, इजाज़त देना, होने देना [P~ me to say; smoking is not ~ted here]; 2 *vi* अवसर देना, weather ~ting यदि मौसम ठीक हुआ तो, 3 **to ~ of** इजाज़त देना, होने देना, The situation does not ~ of delay स्थिति ऐसी है कि देर करना ठीक नहीं (होगा)

permit^2 पर्मिट *n* 1 अनुज्ञापत्र, अनुमति-पत्र, परवाना, 2 अनुज्ञा, अनुमति, इजाज़त; ~-holder परमिटधारी

permutation पर्म्यु-टेशन *n* 1 *math* (पंक्ति में रखी चीज़ों या लिखी संख्याओं का हर संभव प्रकार से) क्रम-परिवर्तन, क्रम-परिवृत्ति; 2 संख्याओं के

संभव क्रमों में से कोई एक; क्रमचय

permute पर्म्यूट *vt* (*math*) क्रम बदलना, क्रम-परिवर्तन करना, क्रमचय करना

pernicious पर्-निशस *n* 1 हानिकारक, अनिष्ट, भयंकर, ख़तरनाक, विनाशकारी, घातक, प्राणहर, 2 अस्वास्थ्यकर, दूषित, ख़राब, बुरा [~ habits]

pernickety पर्-निकि-टि *a* (*colloq*) 1 नकचढ़ा, जिसे कोई चीज़ मुश्किल से पसन्द आये, सहज में सन्तुष्ट न होने वाला, दुस्तोषणीय [~ about one's food]; 2 (of task) जिसे करने में बड़ी सावधानी बरतनी पड़े, कठिन, टेढ़ा

perorate पे ̆र-रेट *vi* 1 भाषण का उपसंहार करना, 2 लंबा भाषण करना; **peroration** पे ̆र-रेशन *n* (भाषण का) उपसंहार

perpendicular पर्पे ̆न्-डिक्युलर *a* & *n* अनुप्रस्थ सतह के साथ समकोण बनाने वाला; (*geom*) किसी रेखा या सतह के साथ समकोण बनाने वाला, लम्बमान, लम्बवत्; (of ascent, cliff, etc) खड़ा, सीधा, *n* 1 लम्ब, खड़ी रेखा, *geom* समकोण बनाने वाली रेखा, समकोणीय रेखा, 2 दीवार की सीध नापने का डोरीदार उपकरण, साहुल, 3 साहुलसूत्र; **out of (the) ~** जो (ऊंचाई में) सीधा न हो, जो लम्ब से हट कर हो

perpendicularity पर्पे ̆न्-डिक्युलैरिटि *n* लम्बता; समकोणीयता

perpetrate पर्-पिट्रेट *vt* (अपराध, ग़लती, मज़ाक या कोई अनुचित काम) करना, कर बैठना, कर डालना [to ~ a crime, blunder, joke, etc]; **perpetration** *n* 1 करना, आचरण [~ of a crime], 2 पाप, अपराध, ग़लती, ग़लत बात

perpetrator पर्-पिट्रेटर *n* (अपराध आदि) करने वाला, कर्ता, अपराधकर्ता, कुकर्मी

perpetual पर्-पे ̆चुअल *a* 1 नित्य, शाश्वत, नित्य, सदा होने या रहने वाला, 2 सदा के लिए, सर्वकालिक, बेमियादी [~ debt, lease], 3 अनन्त, निरन्तर, लगातार, सतत, अनवरत, अविच्छिन्न [~ motion], 4 *colloq* बार-बार या बहुत बार होने वाला, रोज़-रोज़ का, नित्य प्रति का [These ~ bickerings]; **~ly** *adv* 1 सदा के लिए, सदा, 2 निरन्तर, लगातार, बार-बार

perpetuate पर्-पे ̆चुएट *vt* चिरस्थायी बना देना, बनाये रखना, सदा के लिए जीवित रखना, मिटने न देना, अमर बनाना [to ~ s.o.'s memory]

perpetuation *n* शाश्वतीकरण, स्थायीकरण; अमर बनाना

perpetuity पर्पि-ट्यूइटि *n* 1 सदा रहने का गुण, शाश्वतता, नित्यता; **in, to, for, ~** सदा के लिए, 2 स्थायी रूप से प्रतिवर्ष मिलने वाली राशि या अनुदान आदि; स्थायी वार्षिक आय या वृत्ति

perplex पर्प्ले ̆क्स *vt* 1 (व्यक्ति को) चकरा देना, घबरा देना, हैरान करना, परेशान करना, उलझन में डालना, किंकर्तव्यविमूढ़ बना देना, हतबुद्धि कर देना, 2 (मामले को) पेचीदा बनाना, जटिल बनाना, उलझाना [to ~ an issue etc], **~ed** *a* जिसकी समझ में कुछ न आ रहा हो, चकराया हुआ, उलझन में पड़ा हुआ, हतबुद्धि

perplexity पर्प्ले ̆क्सिटि *n* 1 हैरानी, परेशानी, उलझन, असमंजस, दुविधा, 2 हैरान करने वाली बात, झंझट, झमेला, 3 जटिलता, पेचीदगी, उलझाव

perquisite पर्क्विज़िट *n* 1 नियत वेतन के अतिरिक्त मिलने वाला आर्थिक या अन्य लाभ, अतिरिक्त लाभ, अनुलाभ, 2 बख़्शिश, इनाम, 3 *fig* अनन्य अधिकार

perron पे ̆रन *n* 1 गिरजे या किसी बड़ी इमारत के दरवाज़े के सामने का चबूतरा (जिस पर सीढ़ियों से चढ़ते हैं); 2 बाहरी सीढ़ियां, बाहरी ज़ीना

persecute पर्सिक्यूट *vt* 1 पकड़ने या मारने के लिए पीछा करना, सताना, कष्ट देना, अत्याचार करना [to ~ the heretics]; 2 परेशान करना, हैरान करना, तंग करना, 3 पीछे पड़ना, **to ~ s.o. with questions etc** बार-बार प्रश्न करना

persecution पर्सि-क्यूशन *n* अत्याचार, ज़ुल्म, उत्पीड़न, **~ complex** व्यक्ति का यह वहम कि उसे सताया जा रहा है, उत्पीड़न-मनोग्रन्थि

persecutor पर्सि-क्यूटर *n* अत्याचार करने वाला, अत्याचारी, कष्ट देने वाला, सताने वाला, उत्पीड़क

perseverance पर्सि-विअरन्स *n* दृढ़तापूर्वक काम में लगा रहना, निरन्तर श्रम (करने का स्वभाव), अध्यवसाय

persevere पर्सि-विअर *vi* (काम में) दृढ़ता से लगना, डटना, डटा रहना [**to ~ at** *or* **with** one's work, **in** doing sth, **in** a course of action]; **persevering** *a* अध्यवसायी, डट कर काम करने वाला

persiflage पर्-सिफ़्लाश्ज़ *n* हंसी, मज़ाक, दिल्लगी, ठठोली, उपहास

persist पर्सिस्ट *vi* 1 (वि० किसी के विरोध के बावजूद कोई काम) दृढ़तापूर्वक करते रहना, डटा रहना, जमा रहना, लगा रहना, न टलना [to ~ **in** doing sth]; **to ~ in** one's opinion अपने मत पर जमा रहना, 2 बना रहना, जारी रहना, चलना [The fever ~s]

persistence, -cy पर्-सिस्टन्स, -न्सि *nn* (see prec) 1 अविचलता, दृढ़ता, न डिगना, न टलना, आग्रह, 2 जारी रहना, बना रहना, अपरिवर्तनशीलता, सातत्य,

persistent पर्-सिस्टन्ट *a* 1 डटा रहने वाला, आग्रही, अध्यवसायी, 2 अनवरत, निरन्तर, लगातार [~ rain, efforts,], 3 (*zool*, *bot*, of horns, hair, leaves, etc.) स्थायी

person पर्सन *n* 1 व्यक्ति (स्त्री या पुरुष), 2 शरीर, देह, काया [He has a fine ~]; **in person** स्वयं, साक्षात् [He appeared in ~]; to be delivered to the addressee in ~ (पत्र आदि)

प्रेषिती के हाथ में देना, 3 (नाटक, कथा आदि का) पात्र, चरित्र, 4 *gram* पुरुष; **first, second, third,** ~ उत्तम पुरुष; मध्यम पुरुष, अन्य पुरुष

persona L. पर्सोन: *n* (*pl* ~e) व्यक्ति; ~ **grata** चहेता व्यक्ति, वांछित व्यक्ति, अच्छा लगने वाला आदमी, ~ **non grata** अच्छा न लगने वाला आदमी, नापसंद आदमी, अवांछित व्यक्ति

personable पर्स-न-बल *n* सुन्दर, रूपवान्, प्रियदर्शन

personage पर्स्ंनिज *n* 1 बड़ा आदमी, विशिष्ट जन, विशिष्ट व्यक्ति, 2 (नाटक आदि का) पात्र, चरित्र

personal पर्सनल *a* 1 निजी, अपना, व्यक्ति का, व्यक्तिगत, वैयक्तिक; This is ~ to myself यह मेरा अपना या निजी है; **personal effects** निजी वस्तुएं या सामान; ~ **equation** (see equation); ~ **rights** नागरिक होने के नाते व्यक्ति के अधिकार, व्यक्ति के नागरिक अधिकार, 2 (i) अपने शरीर द्वारा या स्वयं किया हुआ, ~ **service** अपने हाथों से की गई सेवा, (ii) शरीर का, शारीरिक [~ hygeine], 3(i) जिसमें व्यक्ति की ओर (आलोचनात्मक) संकेत हो ~ **remarks** व्यक्ति की आलोचना, (ii) व्यक्ति की आलोचना करने वाला [Let us not be ~]; 4 ~ **pronoun** पुरुषवाचक सर्वनाम

personality पर्स-नैलिटि *n* 1 व्यक्ति, बड़ा आदमी, विशिष्ट जन, **personality cult** व्यक्ति-पूजा, 2 व्यक्तित्व, व्यक्ति की निजी सत्ता, व्यक्ति की निजी विशेषता, 3 (of remark) व्यक्ति के प्रति (आलोचनात्मक) संकेत करना; usu in *pl* आलोचनात्मक या निन्दात्मक कथन; **to indulge in personalities** व्यक्ति की अलोचना या निन्दा करना

personalization *n* (f. foll) 1 मानवीकरण; 2 वैयक्तिकीकरण

personalize पर्स्-नलाइज *vt* 1 (गुण या भाव को) मानव रूप देना, 2 (अपने नामाक्षर अंकित करके) व्यक्तिगत बनाना [~d handkerchief etc]

personalty पर्स्-नल्टि *n* व्यक्ति की चल-संपत्ति, माल-सामान (opp. realty]

personate पर्स-नेट *vt* 1 (नाटक के किसी चरित्र का) अभिनय करना, 2 (ठगने के लिए अन्य व्यक्ति का) रूप धारण करना, भेस बनाना, छद्मवेश बनाना, स्वांग बनाना [in this sense 'impersonate' is more usu]

personation पर्स-नेशन *n* 1 (नाटक के चरित्र का) अभिनय, 2 स्वांग (बनाना), छद्मवेश (बनाना)

personification पर्-सॉनि-फ़ि-केशन *n* 1 (गुण, भाव का) मानवीकरण, 2 (गुण का) मूर्त्त रूप, की मूर्ति, का अवतार [Rama is the ~ of justice]

personify पर्-सॉनिफ़ाइ *vt* (गुण, भाव को) मानव-रूप देना, (गुण, भाव आदि का) मूर्त्त रूप होना, मूर्त्ति होना, नमूना होना, अवतार होना, मूर्तिमान् (गुण) होना [He is chivalry personified]

personnel पर्स्-नेॅल *n* (संस्था में) काम करने वाले (सब) आदमी, कर्मचारी (-गण, -वर्ग), कार्मिक (-वर्ग)

perspective पर्स्-पेॅक्टिव *n* & *a* 1 ठोस पदार्थों का चित्र बनाने की वह पद्धति जिससे चित्र में अंकित विभिन्न पदार्थों की लंबाई-चौड़ाई और एक-दूसरे से दूरी आदि बिल्कुल वैसी लगती है जैसी कि बिन्दु-विशेष से उन पदार्थों को देखने वाले को लगती है, यथावत् चित्रण, 2 इस पद्धति से बना चित्र, यथावत् चित्र, 3 *fig* विषय के विविध पहलुओं का परस्पर संबंध या आपेक्षिक महत्त्व, **to see a matter in its true** *or* **right** ~ मामले के विभिन्न पहलुओं का महत्त्व ठीक-ठीक समझना, 4 दृश्य, परिदृश्य, दृश्यावली, संदर्श, परिप्रेक्ष्य, *a* 1 यथावत्, दृश्यवत्, संदर्शानुसार [~ drawing]; 2 सब अंगों के आपेक्षिक महत्त्व के अनुसार [~ planning]

perspicacious पर्स्पि-केशस *a* बात को यथावत् समझने वाला, जिसको विषय हस्तामलकवत् स्पष्ट हो, सूक्ष्मदर्शी, कुशाग्रबुद्धि; ~**ness**; **perspicacity** पर्स्पि-कैसिटि *nn* कुशाग्रता, सूक्ष्मदर्शिता, सूक्ष्म बुद्धि

perspicuity पर्स्पि-क्यूइटि *n* = perspicuousness

perspicuous पर्-स्पिक्युअस *a* 1 जो आसानी से समझ में आ जाये, सुगम, सुबोध, स्पष्ट, विशद, 2 (of style) प्रसादगुणयुक्त, 3 (of person) स्पष्ट बात कहने वाला, स्पष्टवादी; ~**ness** *n* स्पष्टता, सुव्यक्तता, विशदता, प्रसादगुण

perspiration पर्स्प-रेशन *n* 1 पसीना बहना, 2 पसीना, स्वेद, bathed in ~ पसीने से तर-बतर; **perspiratory** पर्स्पि-रेटरि *a* पसीने का, पसीना लाने का, पसीना लाने वाला, स्वेदक

perspire पर्स्पाइअर *vt* पसीना आना, पसीना बहना

persuade पर्स्वेड *vt* 1 विश्वास दिलाना, कायल करना, समझाना [to ~ oneself, s.o., **of a** fact, **that** the thing is so], 2 अनुरोध करना, प्रेरित करना, उकसाना, (कोई काम करने के लिए) राजी करना, मनाना [to ~ s.o. **to** do sth]; 3 (in *pp*) ~d **of** sth, ~d **that** किसी बात का कायल

persuasion पर्-स्वेश़्ज़न *n* 1 (i) प्रेरणा (करना), अनुरोध, अनुनय, (ii) विश्वास दिलाने या कायल करने या राजी करने की कला या योग्यता, 2 विश्वास, यकीन [It is my ~ that he is mad], 3 (i) धार्मिक विश्वास, मत, (ii) धार्मिक संप्रदाय [He is of the Roman Catholic ~]; [People of various religious ~s forgather here]; 4 विचार (-धारा), सिद्धान्त, मत [People of different political ∼s]

persuasive पर्-स्वेसिव *a* & *n* 1 कायल करने वाला, विश्वासजनक, प्रीतिजनक [a ∼ argument, manner, etc]; 2 प्रेरणा करने वाला, अनुरोध या अनुनय करने वाला, मना लेने वाला [a ∼ leader], *n* प्रेरित करने वाली बात, प्रयोजन, प्रलोभन, कारण, ∼**ness** *n* कायल करने की योग्यता या गुण, विश्वासोत्पादकता

pert पर्ट *a* उद्धत, धृष्ट, ढीठ, गुस्ताख़; नटखट, (बोलने में) तेज; ∼**ness** *n* धृष्टता, औद्धत्य, गुस्ताख़ी

pertain पर्टेन *vi* 1 का अंग होना, आनुषङ्गिक होना, 2 से संबद्ध या संबंधित होना, से वास्ता या लगाव होना [This does not ∼ to my sphere]; 3 उपयुक्त होना [the zeal ∼ing to youth]

pertinacious पर्टि-नेशस *a* 1 अपनी बात पर अड़ा रहने वाला, अड़ियल, अपनी मर्ज़ी करने वाला, हठी, ज़िद्दी, आग्रही, ढीठ, 2 अपने मत पर अड़ा रहने वाला, हठधर्मी, कट्टर, 3 न टलने वाला, डटा रहने वाला, अध्यवसायी; ∼**ness, pertinacity** पर्टिनैसिटि *nn* 1 ज़िद्द, ढिठाई, आग्रह, 2 हठधर्मी, कट्टरपन, 3 अध्यवसाय

pertinence, -cy पर्टि-नन्स, -न्सि *nn* (f. foll) 1 प्रसंगानुकूलता, प्रासंगिकता, 2 उपयुक्तता, औचित्य [∼ of a remark]

pertinent पर्टि-नन्ट *a* 1 संबंध या वास्ता रखने वाला, संबंधित [∼ to the matter in hand] प्रसंगानुकूल, प्रासंगिक, 2 उचित, उपयुक्त, ठीक

perturb पर्-टर्ब *vt* 1 अस्तव्यस्त या अव्यवस्थित करना, गड़बड़ करना, 2 अशांत करना, विक्षुब्ध करना, बेचैन करना, घबरा देना, परेशान करना [He was ∼ed by the news]; ∼**ation** *n* 1 अव्यवस्था, गड़बड़, गड़बड़ी, 2 अशांति, बेचैनी, घबराहट, विक्षोभ

pertussis पर्-टसिस *n* कूकर खांसी, काली खांसी

peruke परूक *n* (*hist*) = wig

perusal परूज़ल *n* (f. foll) अध्ययन, अवलोकन

peruse परूज़ *vt* 1 बड़े ध्यान से पढ़ना, अच्छी तरह पढ़ना, 2 जानना, समझना, बूझना, 3 *fig* ध्यान से देखना [to ∼ s.o.'s face etc]

pervade पर्-वेड *vt* किसी वस्तु में फैल जाना, समाना, प्रवेश करना, पैठना, (वस्तु को) भर देना, व्याप्त होना; **pervasion** पर-वेश्ज़न *n* व्याप्त होना, व्याप्ति; **pervasive** पर्-वेसिव *a* व्यापक, सर्वव्यापक, सर्वव्यापी; **pervasive term** व्यापक पद

perverse पर्-वर्स *a* 1 गलत बात पर अड़ने वाला, दुराग्रही, हठी, ज़िद्दी, ढीठ, 2 उल्टी समझ का, औंधी अक्ल का, दुर्मति, 3 चिड़चिड़ा, 4 दुष्ट, शरारती, पाजी, 5 गलत, अनुचित, भ्रान्त, 6 (of verdict) साक्ष्य के प्रतिकूल, उल्टा

perverseness, perversity *nn* 1 दुराग्रह, ढिठाई, 2 औंधी अक्ल, 3 चिड़चिड़ापन, 4 दुष्टता, पाजीपन

perversion पर्-वर्शन *n* 1 तोड़-मरोड़ कर कहना, तोड़-मरोड़ कर कही गई बात, ग़लतबयानी [A perversion of the truth], 2 (of mind) दूषित करना, (of taste) विकृत करना, विकृत होना, विकृति; 3 विकृत आचरण

pervert^{1} पर्वर्ट *vt* 1 (वस्तु को) अनुचित काम में लाना, दुष्प्रयोग या दुरुपयोग करना, 2 (शब्द, तथ्य का) गलत या उल्टा अर्थ लगाना, अर्थ का अनर्थ करना, तोड़-मरोड़ कर कहना, 3 (व्यक्ति को) पथ से विचलित करना, पथभ्रष्ट करना, धर्म से विमुख करना, (मन को) बिगाड़ना, दूषित करना, विकृत करना, (रुचि को) बिगाड़ना, विकृत करना

pervert^{2} पर्-वर्ट *n* 1 विकृत रुचि या विकृत आचरण का व्यक्ति, आचारभ्रष्ट व्यक्ति, 2 धर्मभ्रष्ट व्यक्ति

pervious पर्विअस 1 *a* जिस में से कोई चीज गुज़र सके, पारगम्य, जिसमें कोई चीज प्रवेश कर सके, प्रवेश्य, व्याप्य [∼ to water], 2 *fig* जिसपर कोई बात प्रभाव डाल सके, ∼ to reason तर्क या दलील से प्रभावित होने वाला; ∼**ness** *n* 1 पारगम्यता, प्रवेश्यता, 2 प्रभावित होने का गुण, प्रभाव्यता

pesky पे॑स्कि *a* (U.S. *sl*) तंग करने वाला, परेशान करने वाला, कष्टदायक

pessary पे॑सरि *n* (*med*) गर्भाशय को अपने स्थान से सरकने से रोकने का उपकरण (जो योनि में रखा जाता है); गर्भनिरोधक उपकरण, पेसरी

pessimism पे॑सिमिज़म *n* 1 हर बात का बुरा या अशुभ पहलू देखने का स्वभाव, निराशा, उदासी, मायूसी, 2 यह धारणा कि यह दुनिया बहुत बुरी है और यहां हर बात दुःखदायक सिद्ध होती है, निराशावाद

pessimist पे॑सि-मिस्ट *n* निराशावादी; ∼**ic** *a* 1 निराश, निराशापूर्ण, अशुभ या अमंगल की आशङ्का करने वाला, निराशावादी [to feel ∼ic about a matter], 2 निराशाजनक [The outlook is ∼ic]

pest पे॑स्ट *n* 1 हानिकर या नाशक जीव या कीटाणु [garden ∼s], 2 तंग करने वाला व्यक्ति या जानवर, आफ़त, बला [Over here the stray dogs are a ∼]

pester पे॑स्टर *vt* 1 तंग करना, सताना, 2 पीछे पड़ना, to ∼ s.o. with questions बार-बार प्रश्न करना, प्रश्नों की बौछार करना; बहुत आग्रह करना [to ∼ s.o., for money, to do sth]

pesticide पे॑स्टि-साइड *n* कीटनाशक

pestiferous पे॑स्टिफ़रस *a* 1 हानिकारक, (of air) अस्वास्थ्यकर, दूषित, विषाक्त, (of insect) रोगजनक; मारक; 2 (of doctrine) अनाचार या भ्रष्टाचार फैलाने वाला, अनिष्ट, अनिष्टकर, ख़तरनाक

pestilence पे॑स्टि-लन्स *n* महामारी, वि० प्लेग

pestilent पे॑स्टि-लन्ट *a* 1 घातक, प्राणहर, जानलेवा, 2(*fig*, of doctrine) अनाचार या भ्रष्टाचार फैलाने वाला, 3 *colloq* तंग करने वाला, दुःखदायक

pestilential पे॑स्टि-लें॑न्शल *a* 1 रोगजनक, मारक, 2 (of doctrine) अनाचार फैलाने वाला, 3 *colloq* तंग करने वाला

pestle पे॑सल *n* & *vt* मूसल, मूसली; ~ and mortar हावन-दस्ता; *vt* 1 मूसल से कूटना, पीसना, 2 (व्यक्ति को) खूब मारना या पीटना

pet पे॑ट *n* & *vt* 1 पालतू जानवर, 2 चहेता या लाड़ला या दुलारा बच्चा [He is his mother's ~], 3 *attrib* प्रिय, मनभाता, पसन्द का [This is his ~ theme], **pet name** लाड़ का नाम, प्यार का नाम; **pet aversion** (*joc*) वस्तु जिससे विशेष घृणा हो; *vt* 1 पालतू बनाना, 2 दुलारना, लाड़-प्यार करना

petal पे॑टल *n* पंखड़ी, पंखुड़ी, (पुष्प-)दल

petard पिटार्ड *n* 1 प्राचीन काल में किवाड़ आदि तोड़ने के काम आने वाली तोप, कपाटभंजक तोप, 2 पटाखा

Peter^1 पीटर *n* व्यक्तिवाचक नाम; ~ **Pan** सदा युवा लगने वाला व्यक्ति, चिर-युवा; **to rob Peter to pay Paul** एक से छीन कर दूसरे को दे देना, एक ऋण चुकाने के लिए दूसरा ऋण लेना

peter^2 *vi* **to peter out** 1 (mining) खनिज की परत का खतम हो जाना, 2 (of stream) बीच में ही लुप्त हो जाना (अर्थात् समुद्र-तट तक न पहुंच पाना), 3 (of supplies) धीरे-धीरे कम हो कर खतम हो जाना, 4 *fig* पूरा होने से पहले ही समाप्त हो जाना, बीच में ही रह जाना [The scheme, the match, ~ed out]

petersham पीटर्शम *n* 1 बीच-बीच में उभरी हुई रेखाओं वाला रेशमी फ़ीता, 2 ओवर कोट, ओवरकोट का मोटा कपड़ा

petiole पे॑टिओल *n* पत्ते का डंठल, पर्णवृन्त

petitio *n*. **petitio principii** पिटिशिओ प्रिन्सिपिआइ = begging the question (see beg, 4)

petition पि-टिशन *n* & *vt* 1 प्रार्थना, विनति, विनती, अनुनय-विनय; 2 *law* याचिका, अर्ज़ी, प्रार्थना-पत्र, आवेदन-पत्र, दरख़ास्त; *vt* याचिका देना, अर्जी देना, दरखास्त देना, प्रार्थना करना [to ~ s.o. for sth, to do sth]; **~er** 'पि-टिशनर *n* याचिकादाता, अर्जीदार, प्रार्थी

petrel पे॑ट्रल *n* 1 (also storm ~, stormy ~) एक छोटा समुद्री पक्षी; 2 *fig* हलचल मचाने वाला व्यक्ति

petrifaction पे॑ट्रि-फ़ैक्शन *n* (see foll) 1 अश्मीकरण, 2 अश्मीभूत या पथराई हुई वस्तु

petrify पे॑ट्रि-फ़ाइ *vt* & *n* 1 पत्थर बना देना [to ~ the wood], 2 *fig* भौचक्का कर देना, स्तब्ध कर देना, सुन्न कर देना [to ~ s.o. with fear etc]; 3 *vi* पत्थर हो जाना, पथरा जाना

petro-chemical पे॑-ट्रो-कें॑मिकल *n* पेट्रोलियम या प्राकृतिक गैस से बनाया जाने वाला रासायनिक पदार्थ; पेट्रो-रसायन (*e.g.* kerosene, naphtha, paraffin, petrol, etc)

petrol पे॑ट्रल *n* साफ़ किया हुआ पेट्रोलियम (see foll), पेट्रोल

petroleum पिट्रोलिअम *n* लैम्प जलाने और इंजन चलाने के काम आने वाला गाढ़ा, खनिज तेल (जो कहीं-कहीं समुद्र में पाया जाता है), पेट्रोलियम

petrolic पिट्रो॑लिक *a* पेट्रोल या पेट्रोलियम का

petrous पे॑ट्रस *n* पत्थर-जैसा, पाषाणवत्, कड़ा, सख़्त

petticoat पे॑टिकोट *n* 1 (साड़ी के नीचे पहनने का) लहंगा, 2 स्त्री, नारी, 3 *attrib* नारी का; ~ **government** (देश या घर में) नारियों का शासन, नारीतन्त्र, तिरियाराज

pettifog पे॑टिफ़ो॑ग *vi* (-gg-) 1 वकीलों की तरह तर्क-वितर्क या वाक्छल करना, 2 छोटी-छोटी बातों पर वाद-विवाद या झगड़ा करना; **pettifogger** पे॑टिफ़ो॑गर *n* 1 छोटा वकील, निम्न कोटि का वकील, 2 किसी पेशे का मामूली या छोटा आदमी, 3 छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करने वाला, **pettifogging** पॅ॑-टिफ़ो॑-गिङ्ग *a* निम्न कोटि का, घटिया [~ing lawyer]

pettish पे॑टिश *a* चिड़चिड़ा, तुनकमिज़ाज, क्रोधी; **~ness** *n* चिड़चिड़ापन, तुनकमिज़ाजी

petty पे॑टि *a* 1 तुच्छ, मामूली, नगण्य, महत्त्वरहित, 2 क्षुद्र, छोटे दिल का [petty (-minded)], 3 छोटा, छोटा-मोटा [~ princes, farmers, etc] 4 खुदरा, **petty cash** (आय की या व्यय के लिए छोटी-मोटी नक़दी; खुदरा नकदी, 5 **petty officer** नौ-सेना का बे-कमिशन अफ़सर, ~ **works** छुट-पुट निर्माण-कार्य

petulance पे॑टयुलन्स *n* चिड़चिड़ापन, तुनकमिज़ाजी **petulant** पे॑टयुलन्ट *a* जल्दी गुस्से में आ जाने वाला, चिड़चिड़ा, तुनकमिज़ाज

petunia पिट्यूनिअ *n* कीप के आकार के सफ़ेद या लाल या बैंगनी फूलों वाला पौधा, पिटूनिया

pew प्यू *n* (गिरजे में परिवार के लिए नियत) आसन, चौकी, बेंच, गिरजे की बेंच; **~age** आसनपंक्ति

pewit, peewit पीविट *n* 1 टिटिहरी, 2 टिटिहरी की अवाज़, टीं-टीं

pewter प्यूटर *n* रांगे और सीसे की मिश्रधातु, कांसा, कांस्य; कांसे के बरतन, कांस्यपात्र

phaeton फ़ेटन *n* चौपहिया घोड़ा-गाड़ी, फिटिन

phagocyte फ़ैग-साइट *n* रुधिर का वह श्वेताणु जो जीवाणुओं को अपने में समो कर शरीर को बीमारी से बचाता है, भक्षकाणु

phalange फ़ै-लैन्ज *n* = phalanx, 3

phalanx फ़ै-लैन्क्स *n* (*pl*.-nxes or -nges

फ़ैलेन्जीज़) 1 Gk ant सैनिकों का व्यूह, सैन्य व्यूह, 2 (समान उद्देश्य के आधार पर) संगठित दल, संघ, 3 *anat* (also phalange) हाथ या पांव की उंगली की हड्डी, अंगुलास्थि

phallic फ़ैलिक *a* (f. foll) लिंग का, लैङ्गिक; ~ worship लिङ्गपूजा; ~ism *n* लिङ्गपूजा

phallus फ़ैलस *n* (*pl* -lli, ~es) 1 लिंग की मूर्ति (जिसे कई जातियां प्रकृति की उत्पादक शक्ति का प्रतीक मान कर पूजती हैं); 2 लिङ्ग, भगाङ्कुर

phanerogam फ़ैनर-गैम *n* (*bot*) पौधा जिसमें स्त्रीकेसर और पुंकेसर दोनों हों; फूलदार पौधा

phantasm फ़ैन्टैज़्म *n* 1 अविद्यमान पदार्थ का आभास, छाया, 2 भ्रम, भ्रांति, माया, मरीचिका, 3 *psych* दूरस्थ या मृत व्यक्ति से मिलती-जुलती आकृति का आभास, भूत, प्रेत; ~al, ~ic *aa* आभासात्मक, भ्रमात्मक, अवास्तविक सत्य, मायामय, झूठा, कल्पित

phantasmagoria फ़ैन्टैज़्म-गॉरिअ *n* 1 वास्तविक या आभासात्मक आकृतियों का बदलता हुआ दृश्य, एक के बाद एक आने वाली झांकियां, छायालोक, 2 पर्दे पर पड़ने वाली छाया-आकृतियों को जल्दी-जल्दी छोटा-बड़ा करने का यंत्र

phantasmagoric फ़ैन्टैज़्म-गोॅरिक *a* परिवर्तनशील विशाल दृश्य-जैसा

phantasy फ़ैन्टसि *n* (see 'fantasy')

phantom फ़ैन्टम *n* 1 (अविद्यमान पदार्थ का) आभास, काल्पनिक वस्तु, भ्रम; 2 भूत, प्रेत, वेताल, छाया, the ~ of fear भय का भूत, 3 *attrib* ~ ~ hopes झूठी आशाएं

Pharaoh फ़ेॅअ-रो *n* मिस्र के प्राचीन राजाओं का सामान्य नाम, फ़ेरो

Pharisaic फ़ैरि-सेइक *a* (see foll) 1 रीतिनिष्ठा या नियमनिष्ठा का, रीति के अनुसार, 2 रीति का यथार्थ पालन करने वाला

Pharisee फ़ैरि-सी *n* 1 प्राचीन यहूदियों के एक धर्मनिष्ठ संप्रदाय का व्यक्ति, 2 p~ रीति का यथार्थ पालन करने वाला, अपने आप को सदाचारी या धर्मात्मा समझने वाला, ढोंगी, पाखंडी

pharmaceutical फ़ार्म-स्यूटिकल *a* 1 ओषधनिर्माण का, ओषधनिर्माण-संबंधी, ओषधीय, 2 ओषध-विक्रय का [a ~ company]

pharmaceutics फ़ार्म-स्यूटिक्स =pharmacology

pharmacologist फ़ार्म-कोॅल-जिस्ट *n* ओषधशास्त्री, ओषधविज्ञानी

pharmacology फ़ार्म-कोॅल-जि *n* जड़ी-बूटियों के गुण या प्रभाव की विद्या, ओषधशास्त्र, ओषधविज्ञान

pharmacopoeia फ़ार्म-क-पीअ *n* 1 ओषधों के नाम और प्रयोग बताने वाली पुस्तक, मान्य ओषधकोश, 2 ओषधभंडार, भेषजसंग्रह

pharmacy फ़ार्मसि *n* 1 दवाएं बनाने और बेचने का काम, ओषधनिर्माण-विज्ञान, ओषधनिर्माण-शास्त्र, 2 ओषधनिर्माण-शाला, फ़ार्मसी, 3 जड़ी-बूटी भंडार, भेषज-भंडार, ओषधभंडार, दवाखाना, फ़ार्मेसी

pharos फ़ेॅअ-रोॅस *n* (नाविकों का मार्गदर्शक) प्रकाश-स्तम्भ

pharyngal फ़रिङ्गल, **pharyngeal** फ़ैरिन्-जी-अल *aa* (f. pharynx) ग्रसनी का, गले का

pharyngitis फ़ैरिन्जाइटिस *n* (see foll) ग्रसनीशोथ, गले की सूजन

pharynx फ़ैरिङ्क्स *n* मुंह और नाक के पीछे की नाली जो आगे जा कर खुराक की नाली और हवा की नाली में विभक्त हो जाती है, ग्रसनी, गला

phase फ़ेज़ *n* 1 चन्द्रमा या किसी ग्रह (के प्रकाशमान भाग के विकास या ह्रास) की अवस्था, विशेषत: चन्द्रमा की निम्न चार में से कोई अवस्था : नवचन्द्र, शुक्लपक्ष का पूर्वार्द्ध, पूर्णिमा, कृष्णपक्ष का उत्तारर्द्ध; (चन्द्रमा की) कला, 2 (परिवर्तन या विकास की) अवस्था, विकास की अवधि, (विकास-)काल, (विकास-) युग, (विकास का) चरण; *vt* विभिन्न चरणों में कार्यान्वित करना [to ~ a programme]

phased *a* क्रमिक, क्रमबद्ध, विभिन्न चरणों में किया जाने वाला [~ development]

pheasant फ़ेॅजन्ट *n* कुक्कुट-जाति के प्राय: लंबी पूंछ वाले पक्षियों का वर्ग, चेड़; ~ry *n* चेड़ पालने की जगह

phenol फ़ीनोॅल *n* (=carbolic acid *q.v.*) फ़ीनोल

phenology फ़िनोॅल-जि *n* प्राणी तथा वनस्पति जगत् की वार्षिक घटनाओं (यथा पक्षियों के देशान्तरगमन और पौधों के प्रस्फुटन) पर ऋतुपरिवर्तन के प्रभाव का अध्ययन, ऋतुजैविकी

phenomenal फ़िनोॅमि-नल *a* 1 प्रत्यक्षतत्त्वसंबंधी, प्रत्यक्ष तत्त्व का, 2 इन्द्रियग्राह्य, 3 बहुत अधिक, असाधारण [a ~ rise in prices], 4 अद्भुत, विलक्षण, आश्चर्यजनक

phenomenology फ़िनोॅमि-नोॅल-जि *n* परिघटना विज्ञान (see foll 1) foll 1)

phenomenon फ़ि-नोॅमि-नन *n* (*pl* -ena) 1 जो मन या इन्द्रियों द्वारा ग्राह्य हो (पर जिसका कारण व्यक्त न हो), प्रत्यक्ष तत्त्व, प्रत्यक्ष घटना, परिघटना [the phenomena of nature], 2 असाधारण वस्तु, असाधारण या विलक्षण घटना, असाधारण या विलक्षण व्यक्ति, विचित्र दृश्य, चमत्कार

phew फ़्यू *int* उकताहट या घृणा का सूचक शब्द, बस! बस! छि-छि ! छी-छी!

phial फ़ाइअल *n* (द्रव ओषध के लिए) छोटी शीशी

philander फ़ि-लैन्डर *vi* ऊपर-ऊपर से प्रेम करना, प्रेम का ढोंग करना, प्यार की बातें करना, औरत के पीछे-पीछे फिरना [to ~ with s.o.]; ~er *n* प्रेमी, आशिक

philanthrope फ़िलन्थ्रोप *n* = philanthropist

philanthropic फ़िलन्थ्रॉˋपिक *a* 1 परोपकार का, लोक-कल्याण का [a ~ institution], 2 परोपकारी

philanthropize फ़िलन्थ्रपाइज़ *vi* & *t* 1 परोपकार करना, 2 (*vt*) किसी पर परोपकार करना, (किसी को) परोपकारी बनाना

philanthropy फ़िलैन्थ्रपि *n* मानवमात्र से प्रेम, परोपकार (की भावना), परोपकारिता, दानशीलता

philatelic फ़िल-टैˋलिक *a* डाक-टिकट संग्रह (करने) का [~ bureau]

philatelist फ़िलैट-लिस्ट *n* डाक-टिकटों का संग्रह करने वाला, टिकट-संग्रहकर्ता

philately फ़िलैटलि *n* डाक-टिकट इकट्ठे करना और उनका अध्ययन करना, डाक-टिकट-संग्राहिकी

philharmonic फ़िलार्मॉˋनिक *a* & *n* संगीत-प्रेमी

philippic फ़ि-लिपिक *n* घोर कटाक्ष या आलोचना, आलोचनात्मक भाषण

Philistine फ़िलिस्टाइन *n* & *a* 1 प्राचीन पैलस्टाइन की एक युद्धप्रिय जाति का व्यक्ति; फ़िलिस्तीनी; 2 केवल रुपये-पैसे और दुनियावी बातों में रुचि लेने वाला आदमी, संस्कारशून्य व्यक्ति; *a* अशिष्ट, क्षुद्र, संस्कारशून्य, कला या संगीत या साहित्य के ज्ञान से रहित

Philistinism फ़ि-लिस्टि-निज़म *n* व्यापारी-वर्ग की भांति केवल रुपये-पैसे में रुचि लेने की प्रवृत्ति, ऐहिकता

philogynist फ़िलॉˋजिनिस्ट *n* नारियों के प्रति स्नेह रखने वाला, नारी-प्रेमी

philogyny फिलॉˋजिनि *n* नारियों के प्रति स्नेह या उदारता

philological फ़िल-लॉˋजि-कल *a* भाषाविज्ञान का, भाषाविज्ञानीय, भाषावैज्ञानिक

philologist फिलॉˋल-जिस्ट *n* भाषाविज्ञानी, भाषाशास्त्री, वाङ्मीमांसक

philology फ़िलॉˋल-जि *n* भाषाविज्ञान, भाषाशास्त्र, वाङ्मीमांसा

Philomel फ़िल-मैˋल, **Phliomela** फ़िल-मील: *nn* (*poet*) बुलबुल

philosopher फ़िलॉˋस्फ़र *n* 1 तत्त्वविद्, तत्त्वज्ञ, तत्त्वज्ञानी, दार्शनिक, दर्शनशास्त्री, ~ **king** दार्शनिक शासक, 2 **moral** ~ आचारशास्त्री, नीतिशास्त्री, धर्मशास्त्र का ज्ञाता, **natural** ~ (= physicist) प्रकृति-विज्ञानी, भौतिकविज्ञानी, 3 (दार्शनिक की भांति) धीर-स्वभाव, शान्तचित्त, स्थितप्रज्ञ, 4 **~'s** *or* **~s' stone** पारसमणि

philosophic(al) फ़िल-सॉˋफ़िक(ल) *aa* 1 दार्शनिक, दार्शनिक-जैसा, बुद्धिमत्ता का, 2 धीर-स्वभाव, शान्तचित्त, स्थितप्रज्ञ

philosophize फ़िलॉˋस-फ़ाइज़ *vi* 1 दार्शनिक सिद्धान्तों का प्रतिपादन करना, तात्त्विक विवेचन करना, तत्त्वज्ञान की बातें करना, 2 शिक्षा देना, उपदेश देना, 3 दार्शनिक-जैसा आचरण करना, दार्शनिक वृत्ति अपनाना

philosophy फ़िलॉˋस-फ़ि *n* 1 तत्त्वविद्या, तत्त्वज्ञान, दर्शन, दर्शनशास्त्र, 2 **natural** ~ (=physics) प्रकृतिविज्ञान, भौतिकी; **moral** ~(=ethics) आचारशास्त्र, नीतिशास्त्र, 3 शान्त स्वभाव, शान्तचित्तता

philtre फ़िल्टर *n* वशीकरण

phiz फ़िज़ *n* (*colloq*) मुंह, चेहरा, मुख, मुखमुद्रा [*abbr* of physiognomy]

phlebitis फ़्लि-बाइटिस *n* शिराशोथ, शिरार्ति

phlebotomy फ़्लिबॉˋटमि *n* (esp. *hist*) चीरा लगाकर ख़ून निकालना, शिराकर्तन

phlegm फ़्लैˋम *n* 1 कफ, श्लेष्मा, बलग़म, 2 उदासीनता, उत्साहहीनता, सुस्ती, आलस्य, बेपरवाही

phlegmatic फ़्लैˋग्-मैटिक *a* 1 कफ से पीड़ित; कफी, 2 शान्तस्वभाव, शीतस्वभाव, उदासीन, उत्साहहीन, सुस्त, आलसी

phlegmon फ़्लैˋग्मन *n* फोड़ा, फुंसी

phlogistic फ़्ल-जिस्टिक *a* (f. foll) *med* जलन या सूजन पैदा करने वाला, प्रदाहक, जिसमें जलन होती हो

phlogiston फ़्ल-जिस्टन *n* दाह या जलन पैदा करने वाला तत्त्व, दाहकारी तत्त्व

phlox फ़्लॉˋक्स *n* ऐसे पौधों की जाति जिन पर विभिन्न रंगों के तश्तरी-जैसे फूलों के गुच्छे लगते हैं

phobia फ़ोबिअ *n* डर, भय, भीति, त्रास [chiefly as suffix, *e.g.* in hydrophobia]

Phoebus फ़ीबस *n* (*Gk myth*) सूर्य देवता, सूर्य

Phoenician फ़ि-निशन *a* & *n* फ़िनीशिया (= सीरिया Syria के तटवर्ती प्रदेश का प्राचीन नाम) या उसके किसी उपनिवेश का (निवासी), फ़िनीशियाई

phoenix, phe- फ़ीनिक्स *n* (*myth*) अपने प्रकार का एकमात्र पक्षी जो अरब-मरुभूमि में पांच-छः शताब्दियां जीवित रहने के बाद चिता में जल कर भस्म हो गया और फिर भस्म से युवा रूप में पैदा होकर अनेक शताब्दियों तक जीवित रहा; अमरपक्षी, *fig* अति सुन्दर या उत्कृष्ट या अनुपम वस्तु, आदर्श व्यक्ति

phone फ़ोन *n* & *vi* & *t* (*colloq*) टेलिफ़ोन. **He is (not) on the ~** उसके यहां टेलिफ़ोन (नहीं) है; *vi* & *t* टेलिफ़ोन करना

phoneme फ़ोनीम *n* किसी भाषा की विभिन्न ध्वनियों में से किसी एक का सूचक अक्षर, ध्वनिग्राम, स्वनिम

phonetic फ़नैˋटिक *a* उच्चारण का, उच्चारण-संबंधी, उच्चारण के अनुरूप [~ spelling]; **~s** *n* उच्चारणशास्त्र, ध्वनिविज्ञान

phonetician फ़ोनि-टिशन *n* उच्चारण-विशारद,

उच्चारण-शास्त्री

phonetist फ़ोनि-टिस्ट *n* 1=phonetician, 2 उच्चारण के अनुरूप (अंग्रेज़ी की) वर्तनी का समर्थक

phon(e)y फ़ोनि *a* (*sl*) 1 झूठा, असत्य, 2 धोखेबाज़, 3 (of jewellery) नकली

phonic फ़ॉनिक *a* 1 ध्वनि का, ध्वनि-संबंधी, ध्वन्यात्मक, 2 उच्चारण-विषयक

phonogram फ़ोन-ग्रैम *n* 1 ध्वनि का प्रतीक, ध्वनिप्रतीक, ध्वनिचिन्ह (esp. in Pittman's shorthand), 2 फ़ॉनोग्राफ़ द्वारा भरा गया रिकार्ड, 3 (स्वयं तारघर में न जाकर) टेलिफ़ोन द्वारा तार भेजने की पद्धति, इस तरह भेजा गया तार, फ़ोन-तार

phonograph फ़ोन-ग्राफ़ *n* यन्त्र जिससे आवाज़ का रिकार्ड भरा जाता है और उसे इच्छानुसार बजा कर सुना जा सकता है, ध्वनिग्राहक(-यन्त्र), फ़ोनोग्राफ़

phonography फ़नॉग्रफ़ि *n* 1 (पिटमैन की) उच्चारण के अनुरूप आशुलिपि, 2 (फ़ोनोग्राफ़ द्वारा) अपने आप रिकार्ड भरा जाना, ध्वनिलेखन

phosgene फ़ॉज़्जीन *n* एक विषैली गैस (= carbon oxychloride)

phosphene फ़ॉस्फ़ीन *n* आंख के डेले को दबाने से प्रकाश के चक्कर दिखाई देना

phosphoresce फ़ॉस्फ़रें स *vi* बिना जले प्रकाश निकलना, चमकना, दमकना, जगमगाना, दीप्त होना, स्फुरदीप्त होना; **phosphorescence** फ़ॉस्फ़रें सन्स *n* जगमगाहट, स्फुरदीप्ति; **phosphorescent** फॉस्फ़रें सन्ट *a* चमकता या दमकता हुआ, स्फुरदीप्त

phosphorus फ़ॉस्फ़रस *n* एक अधात्विक तत्त्व जो धीमे-धीमे जलते रहने के कारण अंधेरे में चमकता दिखाई देता है, फ़ास्फ़ोरस

phossy jaw *colloq* जबड़े की हड्डी का गलना

photo=photograph *n*. **photo finish** फ़ोटो-योग्य (दौड़-) समाप्ति; ऐसी दौड़ जिसमें विजेता का निर्णय करने के लिए फ़ोटो ले लिया जाता है

photogenic फ़ोट-जें निक *a* 1 जिसका फ़ोटो-चित्र अच्छा बन सके, फ़ोटो में सुन्दर लगने वाला, फ़ोटो-योग्य [a ∼ face]; 2 *biol* जिससे प्रकाश निकले, दीप्तिमान; प्रकाशजनक

photograph फ़ोट-ग्राफ़ *n* & *vt* फ़ोटो-चित्र, फ़ोटो; *vt* फ़ोटो लेना या उतारना या खींचना; **photographer** फ़-टॉग्रफ़र *n* फ़ोटो-चित्रकार, छविकार, फ़ोटोग्राफ़र; **photographic** फ़ोट-ग्रैफ़िक *a* फ़ोटोचित्रण का, फ़ोट-

photography फ़-टॉग्रफ़ि *n* फोटोचित्र बनाना, फ़ोटोचित्रण, फ़ोटोग्राफ़ी

photogravure फ़ोट-ग्रव्युअर *n* & *vt* 1 फ़ोटो-नेगेटिव को धातु की प्लेट पर उत्कीर्ण करके उससे छापा गया चित्र, 2 चित्र छापने की यह विधि, फ़ोटो-उत्कीर्णन; *vt* इस विधि से चित्र छापना

photolithography *n* फ़ोटो-अंकित पत्थर आदि की प्लेट से छपाई, फ़ोटो-अश्ममुद्रण

photolysis फ़ोटॉलिसिस *n* प्रकाश-विश्लेषण, प्रकाश-अपघटन, प्रकाश के द्वारा अपघटन

photo-meter फ़ोटॉ-मिटर *n* प्रकाश की दीप्ति मापने का यन्त्र, दीप्तिमापी, प्रकाशमापी; **photometry** *n* (*physics*) प्रकाशमिति

photomicrograph फ़ोट-माइक्र-ग्राफ़ *n* अणुवीक्षण यन्त्र द्वारा पदार्थ के परिवर्धित रूप का फ़ोटोचित्र; सूक्ष्मदर्शीय चित्र

photophobia फ़ोट-फ़ोबिअ *n* (*path*) रोशनी से डर लगना, प्रकाशभीति

photostat फ़ोट-स्टैट *n* 1 फ़ोटो द्वारा लेख या चित्र आदि की हूबहू नकल बनाने का यन्त्र, फ़ोटो-प्रतिलिपि यन्त्र, 2 फ़ोटो-प्रतिलिपि

phrase^1 फ़्रेज़ *n* 1 बोलने या लिखने का ढंग, शैली, शब्दावली, felicity of ∼ उपयुक्त शब्दों के प्रयोग में प्रवीणता, वाग्विलास, 2 मुहावरेदार शब्दावली मुहावरा, 3 कहावत, उक्ति, 4 (*gram*) (प्राय: क्रियारहित) वाक्यांश, पदबन्ध, *e.g.* on the hill, for the sake of, 5 in *pl* शब्दमात्र, शब्द-जाल; कोरी बातें, 6 **phrase-book** पुस्तक जिसमें एक भाषा के आम बोलचाल के वाक्यों का दूसरी भाषा में अनुवाद दिया गया हो, दुभाषी पुस्तक [an English-Hindi ∼-book]

phrase^2 *vt* शब्दों में अभिव्यक्त करना [That is how he ∼d it]

phraseological *a* शब्दचयन-संबंधी, मुहावरे का

phraseology फ़्रेज़िऑल-जि *n* 1 शब्दचयन, शब्दविन्यास, पदविन्यास, शब्दावली, पदावली, 2 मुहावरा, शैली

phrenetic फ़्रि-नें टिक *a* 1 आपे से बाहर, बेकाबू, उन्मत्त, पागल, 2 हठधर्मी, कट्टर

phrenic फ़्रें निक *a* मध्यच्छद का, डायफ़ाम (diaphragm *q.v.*) का

phrenological फ़्रें न-लॉ जिकल *a* कपाल-विज्ञान का, कपाल-विज्ञान-संबंधी

phrenologist फ़्रिनॉल-जिस्ट *n* (see foll) कपाल-वैज्ञानिक

phrenology फ़्रिनॉल-जि *n* विभिन्न मानसिक शक्तियों से संबंधित केन्द्रों के विकास का संकेत पाने के विचार से खोपड़ी के बाहरी आकार का अध्ययन, कपाल-विज्ञान

Phrygian फ़्रिजिअन *a* & *n* एशिया-माइनर के अन्तर्गत प्राचीन देश फ़्रीजिया (Phrygia) का, फ़्रीजियाई

phthisical थाइज़ि-कल *a* (f. foll) 1 क्षय (रोग) का, 2 क्षयरोगग्रस्त, क्षयी

phthisis थाइसिस *n* क्षयरोग, राजयक्ष्मा, (वि० फेफड़ों का तपेदिक)

phut फ़ट *n* & *adv* गुब्बारा फटने का शब्द, फट्; *adv.* **to go phut** (व्यवस्था, प्रबन्ध आदि का) टूटना, भंग होना; (व्यवसाय, संस्था आदि का)

एकाएक ठप हो जाना, (यन्त्र, इंजन आदि का) फिस हो जाना, बन्द हो जाना [*f.* Hindi फटना]

phylactery फ़िलैक्टरि *n* (यहूदियों का) तावीज़, जादू-टोना, जंतर-मंतर

physic फ़िज़िक *n* & *vt* (-ck-) 1 चिकित्सा, वैद्यक, डाक्टरी, 2 *colloq* औषध, दवा, (*vt*) चिकित्सा करना, औषध पिलाना

physical फिज़िकल *a* 1 भौतिक [∼ force], ∼ **science** भौतिकविज्ञान, भौतिकी, 2 प्रकृतिविज्ञान के अनुसार, प्रकृतिविज्ञान पर आधारित [∼ explanations of miracles]; a ∼ impossibility जो प्रकृतिविज्ञान या भौतिकी की दृष्टि से असभव हो, भौतिक असंभावना, 3 **शारीरिक**, कायिक, दैहिक [∼ strength, beauty, etc], ∼ **jerks** *sl* व्यायाम, 4 ∼ **geography** भूगोल का वह भाग जिसमें (नदियां, पर्वत आदि) प्राकृतिक विवरण दिया जाता है, प्राकृतिक भूगोल; ∼ **map** प्राकृतिक मानचित्र; ∼**ly** *adv* 1 भौतिक दृष्टि से, 2 शरीर से

physician फ़िज़िशन *n* चिकित्सक, **वैद्य**, हकीम, डाक्टर

physicist फ़िज़िसिस्ट *n* भौतिक-विज्ञानी, भौतिकीविद्

physics फ़िज़िक्स *n* भौतिकविज्ञान, भौतिकी

physiognomist फ़िज़िऑनमिस्ट *n* (see foll) मुखाकृतिविज्ञानी, सामुद्रिक

physiognomy फ़िज़ि़ऑनमि *n* 1 चेहरे-मोहरे तथा अन्य शारीरिक लक्षणों से व्यक्ति के स्वभाव और चरित्र का पता लगाने की विद्या, आकृतिविद्या, मुखाकृतिविज्ञान, सामुद्रिकी, 2 मुखाकृति, नक्श, शक्ल, सूरत, 3 (व्यक्ति का) गुण, स्वभाव आदि, 4 (देश की) प्राकृतिक विशेषताएं, *e.g.* नदियां, पर्वत आदि

physiography फ़िज़िऑग्रफ़ि 1 प्रकृति-वर्णन, प्राकृतिक घटनाओं का वर्णन, 2 प्राकृतिक भूगोल

physiological फ़िज़िअ·लॉजि-कल *a* 1 शरीरिक, कायिक, 2 शरीरक्रिया-संबंधी, शरीरविज्ञान-संबंधी

physiology फ़िज़ि-ऑल-जि *n* प्राणियों के शरीरों मे होने वाली विभिन्न क्रियाओं का विज्ञान, शरीरक्रियाविज्ञान, शरीरविज्ञान, शरीरशास्त्र, कायिकी

physiotherapy फ़िज़िओ-थॆरपि *n* बिजली, भाप, मालिश, आसन आदि (न कि औषध) से इलाज, निरौषध चिकित्सा, भौतिक उपचार

physique फ़िज़ीक *n* 1 शरीर का गठन, शारीरिक गठन, डील-डौल, 2 शरीर, देह, काया

phytozoon फ़ाइट-ज़ोअन *n* (*pl* -zoa) वनस्पति-जैसा प्राणी, उद्भिज्ज प्राणी

piacular पाइ-ऐक्युलर *a* 1 प्रायश्चित्त के लिए किया जाने वाला, प्रायश्चित्तस्वरूप, प्रायश्चित्तात्मक, 2 **पापस्वरूप**, पापात्मक; जिसके लिए प्रायश्चित जरूरी हो

piaffe पि-ऐफ़ (of horse etc) मन्द दुलकी चाल चलना; **piaffer** *n* मन्द दुलकी चाल

pia mater पाइअ-मेटर, *n* मस्तिष्क को आवृत करने वाली तीन झिल्लियों में से अन्तस्तम झिल्ली, मृदुतानिका, पायामेटर

pianist पिअनिस्ट *n* प्यानो बजाने वाला, प्यानोवादक

piano पियैनो, **pianoforte** पियैनोफ़ॉर्टि *n* एक अंग्रेज़ी बाजा, प्यानो, ∼-player एक यन्त्र जिसके प्रयोग से प्यानो अपने-आप बजता रहता है

pianola पीअ-नोल: *n* 1 = piano-player (see prec.); 2 आसान काम

piastre पिऐस्टर *n* मिश्र, सूडान, सीरिया, लब्नान आदि देशों का सिक्का

piazza पि-ऐट्स: *n* 1 (वि० इटली के नगरों में) मंडी का मैदान, चौक, 2 (U.S.) मकान का बरामदा

pibroch पिब्रॉख़ *n* मशक-बाजे (bagpipe) के लिए (फ़ौजी, मातमी आदि) धुनें

pica पाइक: *n* (*print*) 12 प्वाइंट का टाइप, पाइका

picaresque पिक-रॆस्क *a* (of style of fiction) गुंडों-बदमाशों के साहसपूर्ण कार्यों का चित्रण करने वाला; ∼ novel खलाख्यान, ∼ hero खलनायक

picaroon पिक-रून *n* 1 बदमाश, 2 चोर, डाकू, 3 समुद्री लुटेरा, लुटेरों का जहाज़

piccalilli पिक-लिलि *n* काटी हुई सब्जियों का मसालेदार अचार

piccaninny, pick- पिक-निनि *n* 1 हब्शी या आस्ट्रेलिया के आदिवासी का बच्चा, 2 (U.S.) छोटा बच्चा

piccolo पिक-लो *n* एक प्रकार की छोटी बांसुरी

pice पाइस *n* पैसा

pick^1 पिक *n* 1 गैंती, **2** दांत कुरेदने का उपकरण, दांतकुरदनी (see foll, 3)

pick^2 *vt* & *i* 1 (भूमि) खोदना, कुरेदना, 2 to ∼ **holes in sth** (see hole), 3 to ∼ **one's teeth** तिनके, सींक या किसी नुकीले उपकरण से दांतों में फंसी हुई चीज़ निकालना, दांत कुरेदना, 4 to ∼ a bone हड्डी से लगा हुआ मांस उतारना, हड्डी साफ़ करना, 5 (दाना) चुगना [to ∼ grains etc.], (of person) थोड़ा-थोड़ा करके खाना, टूंगना [to ∼ (at) one's food], 6 सावधानी से चुनना, to ∼ **one's way, one's steps** बड़ी सावधानी से चलना या कदम रखना; **to pick and choose** आसानी से (कोई चीज़) पसंद न करना, बहुत **छांट-छांट** कर लेना, 7 (फूल) चुनना, (फल) तोड़ना [to ∼ flowers, fruit], बीनना, छांटना, बटोरना; 8 (*other phrases*) **to pick a lock** (चोरी के विचार से) कील आदि द्वारा ताला खोलना, ताला तोड़ना, to ∼ acquaintance with s.o. किसी से परिचय हो जाना, **to ∼ a quarrel with s.o.** किसी के साथ लड़ने या झगड़ने

का बहाना ढूंढना, झगड़ पड़ना, **to ~ s.o.'s pocket** किसी का जेब कतरना, जेब काटना; **to ~ to pieces** टुकड़े-टुकड़े करना, *fig* कड़ी आलोचना करना, धज्जियां उड़ाना, 9 (with *prepp*), to ~ **off** एक-एक कर के गोली से उड़ा देना [A sniper ~ed off the three officers], **to ~ out** (i) चुनना; (ii) *paint* आस-पास की चीजों से भिन्न रंग करना; to **pick up** (गैंती से जमीन) खोदना; (वस्तु) उठाना; to ~ up information सूचना पाना, पता लगना, to pick up tricks दांव या फरेब या छल-कपट सीखना; to ~ up a foreign language (बिना किसी से पढ़े) अपने आप सीख लेना, to ~ up passengers रास्ते में सवारियां लेना; **to ~ up speed** रफ़्तार बढ़ना; **to ~ up strength** (शरीर में) ताकत आना, *vi* **to ~ up** स्वास्थ्य सुधरना; **pick-up** *n* (i) बिना छत की छोटी मोटर गाड़ी, (ii) *sl* रास्ते में बना दोस्त, ((iii) रफ़्तार बढ़ने की दर [My car has a good pick-up]; **10** *comb*: **picklock** (i) ताला तोड़ने का उपकरण, ताला-तोड़, (ii) ताला तोड़ने वाला व्यक्ति; **pick-me-up** स्फूर्ति लाने या दिल को ताकत देने वाला पेय; *fig* हिम्मत बंधाने वाली बात; **pickpocket** जेबकतरा, पाकेटमार

pick^3 *n* **1** चयन, चुनाव, छाँट, **2 the ~ of** चुनी या छाँटी हुई चीज, उत्कृष्ट अंश, **the ~ of the basket** बढ़िया माल, **the ~ of the army** सेना के सजीले जवान

pick-a-back पिक-ब़ैक *adv* कंधे पर डाल कर, पीठ पर लाद कर

pickaxe पिकैक्स *n* गैंती

picker पिकर *n.* (फूल आदि) चुनने वाला, बीनने वाला, (चिथड़े) बटोरने वाला, (ताला) तोड़ने वाला इत्यादि

picket^1 पिकिट *n* **1** खूंटा, **2** पहरेदार, चौकसी करने वाला, **3** सिपाहियों या पहरेदारों की टोली, आरक्षी-टुकड़ी; **4** चौकी, outpost ~ बाहरी चौकी; **5** (usu in *pl*) धरना देने वाला [strike pickets]; (*attrib*) **~ line** धरना देने वालों की पंक्ति, धरना देने वाले

picket^2 *vt & i* **1** खूंटे से बांधना [to ~ the horses], **2** धरना देना; घेरा डालना [to ~, a factory, or *abs*]

picketing पिकिटिङ्ग *n* **1** खूंटे से बांधना, **2** धरना

picking पिकिङ्ग *n* **1 ~ and steeling** छोटी-मोटी चीज़ उठा लेना, उठाईगीरी, **2** in (*pl*) **pickings** (i) बची-खुची या गिरी-पड़ी चीजें, इधर-उधर से उठाई हुई चीजें, बटोरन, (ii) इधर-उधर से इकट्ठे किये हुए विचार या लेख या उक्तियां आदि, संकलन, संग्रह

pickle पिकल *n* **1** नमक का पानी या सिरका आदि (जिसमें गोश्त या तरकारियों का अचार डाला जाता है), **2** (esp in *pl*) अचार, **3** दशा, स्थिति, **to be in a** (sad *or* sorry *or* nice) **~** शोचनीय दशा में होना, कठिन परिस्थिति में होना, **4** शरारती बच्चा, आफ़त मचाने वाला बच्चा, **5** धातुओं को साफ़ करने के लिए तेज़ाबी घोल

pickle^2 *vt* **1** अचार डालना, **2** (धातु को) तेज़ाबी घोल से साफ़ करना

picnic^1 पिक्‌निक *n & vi* (-ck-) सैर-सपाटा, जिसमें खाने-पीने का भी प्रबंध हो, वनविहार, वनभोज, पिकनिक; *vi* सैर-सपाटा करना, वनविहार करना, **picnicker** *n* पिकनिक करने वाला

picric पिक्‌रिक *a.* **~ acid** पीले रंग का अति कटु पदार्थ जो रंगने, शल्यक्रिया और विस्फोटक पदार्थों में प्रयुक्त होता है; पिक्रिक अम्ल

pictograph पिक्ट-ग्राफ़ *n* किसी भाव आदि का प्रतीकस्वरूप चिव, चित्रलेख, **~y** *n* चित्रलेखन, चित्रलिपि

pictorial पिक्टॉरिअल *a & n* **1** चित्र का, चित्रात्मक, चित्रों पर आधारित, **2** सचित्र, चित्रमय, **3** चित्रवत्, अतिसुन्दर, रमणीय; *n* सचित्र पत्रिका

picture^1 पिक्चर *n* **1** चित्र, तस्वीर, प्रतिकृति, प्रतिरूप, प्रतिबिम्ब [He is the ~ of his father], नक्शा, फ़िल्म, **2** सुन्दर वस्तु, **3** दृश्य, जो कुछ भी दृष्टिगोचर हो, *fig* घटनाचक्र, मामला, **to be in the ~** मामले से अवगत होना, मामले से संबंध रखना, महत्त्व रखना, **to be out of the ~** मामले से संबंध न रखना, अप्रासंगिक होना, महत्त्व न रखना, **4** उत्कृष्ट नमूना, आदर्श रूप, प्रतिमा, मूर्ति [She looks the very picture of health], **5** in *pl* **the ~s** सिनेमा, **6** *comb*: **~-gallery** चित्रशाला; **~-house, ~-palace** सिनेमाघर, **~-writing** प्राचीन काल का चित्रलेख

picture^2 *vt* **1** (चीज़, व्यक्ति आदि का) चित्र बनाना, चित्रण करना, (शब्द-) चित्र प्रस्तुत करना, सजीव वर्णन करना, **2 to ~ to oneself** मानसिक चित्र बनाना, कल्पना करना

picturesque पिक्चरेॅस्क *a* **1** चित्रवत्, चित्र-जैसा सुन्दर, रम्य, रमणीय, चित्र बनाने योग्य, **2** (of description, language, etc.) तस्वीर खींच देने वाला, चित्रात्मक, सजीव, जीता-जागता, विशद; **~ness** *n* **1** सुन्दरता, रमणीयता, **2** सजीवता

picturize पिक्चराइज़ *vt* = **film** *vb*

piddle पिडल *vi* **1** (*colloq* or childish) पेशाब करना; **2** लापरवाही से काम करना

pidgin, **pigeon** पिजिन, पिजन *a & n* **1 ~ English** चीनी और यूरोपियन व्यापारियों द्वारा परस्पर प्रयुक्त अंग्रेज़ी, खिचड़ी अंग्रेज़ी, **2** *n* मिश्रित भाषा; *colloq* काम, कर्तव्य, ज़िम्मा [That's your ~, not mine]

pie^1 पाइ *n* = magpie

pie^2 *n* **1** (कीमे आदि का) समोसा [meat ~, fruit ~, etc]; to eat **humble pie** (see humble *a*); (*fig*) **to have a finger in the pie** बिन बुलाये योग देना, दख़ल देना, दख़ल होना, हाथ होना, टांग अड़ाना; **as easy as ~** बहुत आसान

pie^{3} *n* 1 छापे के मिले-जुले अक्षरों का ढेर, 2 *fig* गड़बड़, अव्यवस्था, बेतरतीबी

pie^{4} *n* पाई (तांबे का भारतीय सिक्का जो अब अप्रचलित है)

piebald पाइ-बॉल्ड *a* & *n* 1 दो रंगों (वि० सफ़ेद और काले रंग) का, रंगबिरंगा, शबल, चितकबरा, चितला [~ horse etc], 2 *fig* दो-नस्ला, संकर; पचमेल, नानाविध; *n* चितकबरा पशु

piece^{1} पीस *n* 1 टुकड़ा, खंड, **in one ~** अखंड, *fig* सकुशल, सही-सलामत, **in ~s** टूटा हुआ, टुकड़े-टुकड़े; **to fall, go, to ~s** टुकड़े-टुकड़े हो जाना, *fig* नष्ट-भ्रष्ट होना, छिन्न-भिन्न हो जाना; **to pull, tear, to ~s** टुकड़े-टुकड़े कर देना, धज्जियां उड़ा देना [to pull an argument to ~s]; 2 (i) ~ of land ज़मीन का टुकड़ा, **~ of water** जलाशय; (ii) नमूना, उदाहरण [a ~ of impudence]; (iii) काम [a ~ of folly, carelessness, etc], (iv) a ~ of advice उपदेश, शिक्षा, नसीहत, **to give s.o. a ~ of one's mind** (see mind), (v) **~ of work** काम (का नमूना); **paid by the piece** जिसकी मजदूरी या उजरत काम (की मात्रा) के अनुसार दी जाए; 3 (i) (खास लंबाई का) कपड़े का टुकड़ा, थान [~ of muslin], (ii) **of a piece** एक-सा, वैसा-ही, मिलता-जुलता; They are all of a ~ वे सब एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं; **of a piece with** के अनुरूप; 4 बन्दूक, पिस्तौल, तोप [to load one's ~], 5 सिक्का [a ~ of 25 paise], 6 लघु चित्र, लघु साहित्यिक कृति, लघु संगीत-कृति, 7 *comb*: **~-goods** (कपड़े का) थान; **~-wage** उजरत, **~-work** उजरती काम, ठेके का काम; **~-worker** उजरती कारीगर

piece^{2} *vt* 1 (टुकड़ों को) जोड़ना, मिलाना [to ~ together], खंडों को जोड़कर संपूर्ण वस्तु बनाना, 2 **to ~ facts together** तथ्यों में समन्वय या सामंजस्य स्थापित करना, 3 **to ~ up** थिगली लगाना, पैवन्द लगाना, मरम्मत करना, 4 **to ~ out** खंडों को जोड़कर पूरा कर देना [to ~ out a story, theory, chain of evidence]

piecemeal पीस्मील *adv* & *a* थोड़ा-थोड़ा कर के (किया जाने वाला), खण्डशः (किया जाने वाला) [work done ~; ~ work]

pied पाइड *a* चितकबरा, चितला, शबल

pier पिअर *n* 1 (of stone) (समुद्र तट के बचाव के लिए) बांध, पुश्ता, सेतुबन्ध, 2 (on piles) (माल उतारने का) घाट (जो सैरगाह आदि का भी काम देता है), जेटी, 3 (पुल का आधारभूत) खंभा, स्तम्भ, पाया, 4 दीवार का भाग जो दरवाज़ों या खिड़कियों के बीच होता है, पाया

pierce पिअर्स *vt* & *i* 1 चुभना, बींधना, छेदना, घुसना, (of glance) खुभना, 2 छिद्र या छेद करना, सूराख़ करना [to ~ a cask etc], 3 चुभोना, खुभाना [to ~ sth with pins etc], 4 *vi* **to ~ through** sth चुभना, घुसना, **to ~ through & through** आर-पार हो जाना; **piercing** *a* चुभने वाला, खुभने वाला, तीखा, वेधक, वेधी, piercing cry कर्णवेधी चीख़

pierrot पिअ-रो *n* (fem **pierrette**) फ़्रांसीसी मूक अभिनेता, भांड, मसख़रा

pietism पाइअ-टिज़्म *n* 1 धार्मिक भावना, धार्मिकता, 2 धार्मिकता का ढोंग, धर्माडम्बर

piety पाइअ-टि *n* 1 धर्मपरायणता, धार्मिकता, धर्मनिष्ठा, भक्ति; 2 सच्चरित्रता, साधुता, शुद्धाचार

piezometer पाइ-इज़ों'मिटर *n* दाबमापी

piffle पिफ़ल *vi* & *n* 1 मूर्खता की बातें करना, बकवास करना, 2 व्यर्थ कामों में लगा रहना, खेलवाड़ करना. *n* बेकार की बातें, बकवास; **piffling** *a* बेकार, निकम्मा, तुच्छ

pig^{1} पिग *n* 1 सूअर, सूअर का गोश्त; **to buy a pig in a poke** चीज को देखे बिना या उसकी उपयोगिता जाने बिना ख़रीद लेना, बंद माल ख़रीद लेना; **to bring one's pigs to the wrong market** काम बिगाड़ना, काम पूरा न कर पाना; चीज़ बेचने में असफल रहना, 2 *colloq* लालची या गन्दा या जिद्दी आदमी, **to make a ~ of oneself** बहुत ज्यादा खा जाना, 3 *comb*: **~-headed** जिद्दी, मूर्ख; ~-iron पिघला कर साफ़ किये हुए लोहे का आयताकार डला, कच्चा लोहा, ढलवां लोहा; **piglet** सूअर का छोटा बच्चा, **pigsticking** (i) बरछे से जंगली सूअर का शिकार, (ii) (बूचड़ द्वारा) सूअर का वध, **pigsty** सूअर-बाड़ा, **pigswill, pigwash** *n* 1 शराब के कारखाने या रसोईघर की धोवन (जो सूअरों को पीने के लिए दी जाती है), 2 बेस्वाद शोरबा

pig^{2} *vi* **to pig (it)** तबेले के पशुओं की तरह साथ-साथ रहना; **to pig together** (बहुत से लोगों का) एक ही कमरे में रहना

pigeon पिजन, पिजिन *n* 1 कबूतर, कपोत, **carrier ~, homing ~** संदेशवाहक कबूतर, क़ासिद कबूतर, 2 भोला-भाला आदमी, भोंदू, बुद्धू, 3 **~ English** (see pidgin), 4 *comb*: **~-breast** सिकुड़ी हुई छाती [~-breasted *a*], **~-hole** (काग़ज़ आदि रखने की अलमारी का) ख़ाना, कोष्ठ; **~-house** कबूतरख़ाना, दरबा; **pigeonry** *n* कबूतरख़ाना

piggery पिग-रि *n* 1 सूअर पालने का स्थान, शूकर-प्रजनन केन्द्र, 2 सूअरों के रहने की जगह, सूअरों का बाड़ा, खोबार, *fig* गन्दी जगह, गन्दी झोंपड़ी

piggish पिगिश *a* 1 गन्दा, मैला-कुचैला, 2 पेटू, 3 ज़िद्दी, घमंडी; ~**ness** *n* 1 गन्दापन, गन्दगी में रहने का स्वभाव, 2 ज़िद्दीपन

piggy, piggie पिगि *n* सूअर का बच्चा

pigment पिग्मन्ट *n* 1 रंगने या रोग़न करने के काम आने वाला द्रव्य, रंग, रंगद्रव्य, रंजक, रोग़न, 2 ऊतक (tissue) में विद्यमान रंगद्रव्य, वर्णक; ~**ary** *a* (*physiol*) रंग का, वर्ण या वर्णक का; रंगमय, रंगदार; ~**ation** *n* (वर्णक की विद्यमानता के कारण) ऊतक का रंगदार हो जाना, वर्णकता, 3 त्वचा पर के (रंगदार) धब्बे

pigmy पिग्मि *n* (see pygmy)

pigtail पिग्टेल *n* 1 तंबाकू का बटा हुआ लच्छा, तंबाकू की बटी, 2 स्त्रियों की गुथी हुई चोटी, वेणी

pike^{1} पाइक *n* & *vt* 1 बरछा, भाला, *dial* गैंती, 2 पर्वत की नुकीली चोटी, *vt* भाला भोंकना, भाले से मारना

pike^{2} *n* 1 चुंगी का फाटक, चुंगी की चौकी, 2 चुंगी, महसूल, 3 चुंगी के फाटक वाली सड़क, 4 **pikeman** चुंगी उगाहने वाला, चुंगी का दारोग़ा

pike^{3} *n* एक प्रकार की (नुकीली थूथन वाली) बड़ी मछली

pikestaff पाइक्स्टाफ़ *n* (भाले का) डंडा; **it is (as) plain as a** ~ यह बिल्कुल स्पष्ट है

pilaster पिलैस्टर *n* (*archit*) (दीवार से कुछ बाहर निकला हुआ) चौकोर पाया; भित्तिस्तम्भ, अर्धस्तम्भ

pilau, -aw पिलाउ *n* पुलाव [f. Pers.]

pilchard पिल्चर्ड *n* छोटी समुद्री मछली

pilcorn पिल्कॉर्न *n* जई की एक किस्म

pile^{1} पाइल *n* 1 नुकीला डंडा या लट्ठा या बल्ली, खूंटा, 2 (पुल का आधारभूत) खंभा, स्तंभ, स्थूणा [bridge built on ~s], 3 ~**-driver** खंभा गाड़ने की मशीन; ~**-dwelling** खंभों पर बना घर, स्थूणागृह

pile^{2} *n* 1 ढेर, राशि, अंबार, समूह, ज़खीरा, 2 *colloq* धनराशि, अपार धन-संपत्ति; **to make one's pile** यथेष्ट धन जोड़ना, 3 ऊंची-ऊंची इमारतों की श्रेणी या पंक्ति, अट्टालिका-समवाय, 4 (**funeral**) **pile** चिता; 5 (**atomic**) **pile** = **reactor** *q.v.*

pile^{3} *vt* & *i* 1 **to** ~ (**up**) ढेर या अंबार लगाना, बटोरना, जमा करना [to ~ up a fortune]; चट्टा लगाना [to ~ up firewood], 2 **to** ~ **up** (जहाज को) रेत या चट्टानों पर चढ़ा देना [ship ~d upon the rocks], **pile-up** *n* अनेक मोटर-गाड़ियों की टक्कर, 3 (*mil*) **to pile arms** (प्रायः चार) राइफ़लों को इस प्रकार पास-पास खड़ा करना कि उनके कुंदे धरती पर टिके हों और मुंह एक-दूसर से जुड़े हुए हों, 4 **to** ~ **on the agony** *colloq* करुण-कथा को और करुणाजनक बनाना, **to** ~ **it on** अतिशयोक्ति करना, 5 (*vi*) **to** ~ **up** ढेर या अंबार लगना, जमा होना [My work is piling up]

pile^{4} *n* 1 नरम रोआं, ऊन, 2 (गलीचे, मख़मल आदि पर) उभरा हुआ रोआं, रोएं की सतह, 3 ~ fabric रोएंदार कपड़ा

pile^{5} *n* 1 बवासीर का मसा या मस्सा, 2 (in *pl*) **piles** बवासीर, अर्श

pilfer पिल्फ़र *vt* & *i* (छोटी-मोटी या थोड़ी-सी चीज़) चुराना, उठा लेना, उड़ा लेना; ~**age** *n* छिटपुट चोरी, उठाईगीरी; ~**er** *n* चोर, उचक्का, उठाईगीर

pilgrim पिल्ग्रिम *n* 1 तीर्थयात्री, (of Muslim) हाजी, 2 यात्री, पथिक, मुसाफ़िर; **P~ Fathers** वे प्यूरिटन अंग्रेज़ जिन्हों ने 1620 में जहाज़ में यात्रा करके अमरीका के उत्तर-पूर्वी तट पर Plymouth और Massachusetts के इलाके आबाद किये

pilgrimage पिल्ग्रिमिज *n* & *vi* तीर्थयात्रा, तीर्थाटन, हज; **to go on** (**a**) ~ *vi* तीर्थयात्रा करना, यात्रा पर जाना

piliferous पाइ-लिफ़रस *a* (*bot*) रोएंदार

pill पिल *n* 1 (औषध की) गोली, टिकिया, वटी, वटिका; **the** ~ गर्भनिरोधक गोली, 2 *fig* (i) अप्रिय किन्तु अनिवार्य काम, कड़वा घूंट [It is a bitter ~], (ii) अपमान, ज़िल्लत [to swallow a bitter ~], 3 *comb*: **pill-box** (i) टिकिया रखने की डिबिया, (ii) *mil* खुफ़िया तहख़ाना, भूमिगत दुर्ग या किला

pillage पिलिज *n* & *vt* (वि० युद्धकालीन) लूट, लूट-मार, लूट-पाट, *vt* (शहर या व्यक्ति को) लूटना, लूट-मार करना; ~**er** *n* लूट-मार करने वाला, लुटेरा, लुंठक, डाकू

pillar^{1} पिलर *n* 1 खंभा, स्तम्भ; 2 खंभे की कुर्सी, 3 *fig* सहारा, टेक, अवलंब, आधार-स्तम्भ, बहुत बड़ा समर्थक, मुख्य आधार या अवलंब (He is a ~ of Hinduism etc]; 4 **to be driven from ~ to post** (किसी काम के लिए) कभी एक के पास जाना और कभी दूसरे के पास, मारा-मारा फिरना, 5 ~**-box** धरती पर जमाया हुआ पत्र डालने का गोल बक्स (जो प्रायः चार-पांच फुट ऊंचा होता है), पत्र-पेटिका, चिट्ठियां डालने का बंबा

pillared *a* खंभों पर खड़ा किया हुआ, स्तंभाश्रित

pillion पिल्यन *n* मोटर-साइकिल की (गद्दी के पीछे लगी) दूसरी गद्दी, पिछली गद्दी; **to ride** ~ पिछली गद्दी पर बैठना

pillory पिल-रि *n* & *vt* (*hist*) लकड़ी का कटघरा जिसमें खड़ा किया हुआ मुजरिम अपना सिर और दोनों हाथ बाहर निकाल लेता है और देखने वाले उसका खूब मज़ाक उड़ाते हैं; दण्ड-कटघरा, *vt* उपर्युक्त प्रकार के कटघरे में खड़ा करना, *fig* जनता के मज़ाक का निशाना बनाना, उपहास-

पात्र बनाना, उपहास करना

pillow पिलो *n* 1 सिरहाना, तकिया, उपधान, **to take counsel of one's ~** (किसी मामले पर) रात में बिस्तर पर लेट कर सोचना, प्रातःकाल से पहले निर्णय न करना, 2 **~-case** तकिये का गिलाफ़; **~-fight** (बच्चों की) तकियों से लड़ाई

pillow^{2} *vt* तकिये पर रखना या टिकाना या टेकना; to ~ one's head on one's arm सिर टेकने के लिए बाहों का सिरहाना बनाना, बाहों पर सिर धरना

pilose, -ous पाइलोस, -लस *aa* रोएँदार, लोमश

pilot^{1} पाइलट *n* 1 जहाज़ या विमान का चालक, पोत-चालक, विमान-चालक, कर्णधार, कनहार, पाइलट, 2 *fig* मार्गदर्शक, पथप्रदर्शक, रहनुमा, **to drop the ~** विश्वस्त सलाहकार को हटा देना, 3 *attrib* तजुर्बे के तौर पर किया जाने वाला, प्रयोगात्मक, प्रायोगिक [~ project]; **~ balloon** पवन (-दिशा) सूचक गुब्बारा, **~ engine** आगे-आगे जा कर दूसरे रेल-इंजन के लिए रास्ता साफ़ करने वाला इंजन; मार्गदर्शी इंजन; **~ plant** प्रायोगिक संयन्त्र; **~ station** प्रायोगिक या प्रारंभिक स्टेशन; **~ study** प्रारंभिक अध्ययन

pilot^{2} *vt* 1 (जहाज़ या विमान का) चालक होना, संचालन करना, चलाना, 2 मार्गदर्शन करना, (कठिनाइयों आदि से) निकाल ले जाना, 3 (*Parl*) **to pilot a bill** बिल प्रस्तुत करने के बाद उसे पास कराने के संबंध में सब कार्यवाही करना, विधेयक का संचालन करना

pilotage पाइल-टिज *n* चालक या कर्णधार का काम, संचालन, मार्गदर्शन

pilule पिल्यूल *n* छोटी गोली, वटिका, टिकिया

pimento पिमे`न्टो *n* 1 एक प्रकार का गरम मसाला (जिसमें दारचीनी, जायफल, लौंग आदि की सुगंध होती है); 2 (also **pimiento**) (तरकारी के काम आने वाली) मिर्च

pimp पिम्प *n* & *vi* कुटना, (वेश्या-)दलाल, *vi* कुटने या दलाल का काम करना

pimpernel पिम्परने`ल *n* वर्ष भर रहने वाला छोटा पौधा (जिसपर सिन्दूरी, नीले या सफ़ेद फूल लगते हैं)

pimple पिम्पल *n* फुंसी; **pimply** *a* जिस पर फुंसियां निकल आई हों, फुंसीदार

pin^{1} पिन *n* 1 पिन, सूई, (i) **pins and needles** किसी अंग में अनेक सुइयों के चुभने की सी संवेदना, झुनझुनी [My legs are pins and needles], (ii) **to be on pins and needles** (किसी बात की प्रतीक्षा या परिणाम के अनिश्चय के कारण) बहुत मानसिक कष्ट में होना; 2 (लकड़ी या धातु की) कील, खूंटी, 3 *comb:* **pincushion** पिनगद्दी, पिनकुशन, **~-head** पिन का सिरा, *fig* छोटी-सी या ज़रा-सी चीज़, **~-hole** सूक्ष्म छिद्र, **pin-money** (i) पत्नी को कपड़े आदि बनवाने के लिए मिलने वाला वार्षिक खर्चा, (ii) (लड़की का) जेब-खर्च; **pin-point** *n* पिन की नोक, *fig* अत्यन्त सूक्ष्म चीज़; *attrib* (of target) जिसपर निशाना मारने के लिए ठीक-ठीक हिसाब लगाने की ज़रूरत हो; *vt* **to pin point the target** (i) ठीक लक्ष्य का पता-लगा लेना, (ii) ठीक लक्ष्य पर बम आदि गिराना; **to pin-point sth** ठीक-ठीक बताना, ठीक नाम देना, ठीक निर्देश करना; **~-prick** *fig* पिन की चुभन, तंग करने या खिझाने वाली बात

pin^{2} *vt* (-nn-) 1 (पिन से) नत्थी करना, पिन लगाना, टाँकना, जोड़ना, 2 बांधना, जकड़ना, 3 **to pin one's faith** *or* **hopes on s.o.** किसी पर पूरा भरोसा होना, किसी से पूरी उम्मीद होना (कि वह मदद करेगा), 4 **to pin s.o. down to his promise** etc किसी को अपना वायदा पूरा करने पर बाध्य करना; **to pin s.o. down to facts** तथ्यों पर ध्यान देने या तथ्यों से इधर-उधर न होने पर बाध्य करना

pinafore पिन-फ़ॉर *n* बच्चे या स्त्री के कपड़ों को गन्दा होने से बचाने के लिए उनके ऊपर पहनने का कपड़ा, पिनाफ़ोर

pinaster पाइ-नैस्टर *n* (दक्षिण यूरोप का) चीड़ (वृक्ष)

pince-nez *F* पैन्स-ने *n pl* बिना कमानी का नाक-पकड़ चश्मा

pincers पिन्सर्ज़ *n pl* (also **a pair of ~s**), 1 चिमटी; चिमटा, सँड़सी, 2 कड़ी खाल वाले जन्तुओं का चिमटी-जैसा अंग, स्पर्शक, 3 (*mil*) **pincer movement** शत्रु को घेरने के लिए दोनों तरफ़ से आगे बढ़ना, घेरने की कोशिश

pincette पैन्से`ट *n* छोटी चिमटी, मोचना

pinch^{1} पिन्च *n* 1 चुटकी, चिकोटी, **to give s.o. a ~** चिकोटी काटना, 2 कष्ट, तकलीफ़, पीड़ा, **the ~ of poverty** आर्थिक कष्ट, तंगी; **the ~ of hunger** भूख की पीड़ा, भूख; **to feel the ~** तंगी महसूस करना, मुश्किल से निर्वाह कर पाना; 3 **at** *or* **in a ~** ज़रूरत पड़ने पर, अगर और कोई चारा न हो; 4 चुटकी-भर, ज़रा-सा [a ~ of snuff, salt]

pinch^{2} *vt* & *i* 1 चुटकी या चिकोटी काटना, दबाना, काटना, 2 सताना, कष्ट या तकलीफ़ देना, **That is where the shoe ~es** यही तो कठिनाई है, यही तो कष्ट या दुःख की बात है; 3 *sl* (रुपया) ऐंठना, छीनना [to ~ money from s.o.], चुराना, उठा लेना [Someone has ~ed my watch], 4 (i) (किसी को) कम भोजन देना, आधा भूखा रखना, (ii) to ~ (oneself) कम खाना, अपना पेट काटना, कंजूसी करना

pinchbeck पिन्च्बे`क *n* & *a* नकली सोना (=तांबे और जस्ते का मिश्रण); *a* नकली, बनावटी

Pindaric पिन्डैरिक *a* ग्रीक कवि पिंडार (Pindar 5th-6th cent. B.C.) का या उस की शैली का

pine^1 पाइन *n* 1 चीड़, सनोबर, 2 *comb*: **pine-apple** अनन्नास; ~**-cone** चीड़ का फल; ~**-wood** चीड़ (की लकड़ी)

pine^2 *vi* 1 **to** ~ **(away)** (शोक, चिन्ता, रोग आदि के कारण) दुर्बल होना, क्षीण होना, घुलना, सूखना; 2 **to** ~ **for, after,** s.o. *or* sth, **to** ~ **to do sth**; लालायित होना, उत्सुक होना, तड़पना, उदास होना [He is pining for home, to return home]

pineal पाइनिअल *a* (*anat*) चीड़ के फल के आकार का, शंकुरूप [~ gland]

pinery पाइनरि *n* 1 अनन्नास लगाने का स्थान, अनन्नास-क्षेत्र, 2 चीड़-क्षेत्र, चीड़ का जंगल

pinfold पिन्‌फ़ोल्ड *n* & *vt* आवारा पशुओं के लिए बाड़ा, मवेशीख़ाना, कांजीहाउस, कांजीहौद; *vt* कांजीहाउस में बन्द करना

ping पिङ्ग *n* & *vi* बन्दूक की गोली के हवा में से गुज़रने की-सी आवाज़, सनसनाहट, झनझनाहट, झन्नाहट, *vi* सनसनाना, झनझनाना

ping-pong पिङ्ग-पोङ्ग *n* मेज़ पर खेला जाने वाला टेनिस-जैसा खेल; पिंग-पांग, टेबल-टेनिस

pinion^1 पिन्यन *n* 1 पंख का अन्तिम भाग, पक्षान्त 2 *poet* पंख, पर, डैना

pinion^2 *vt* 1 पंख या पर काट देना, 2 बाहें बांध या जकड़ देना, (व्यक्ति को) किसी चीज़ के साथ जकड़ देना [to ~ s.o. to sth]

pinion^3 *n* (बड़े दांतेदार पहिये में फंसने वाला) छोटा दांतेदार पहिया, गरारी

pink^1 पिङ्क *n* & *a* 1 सफ़ेद या गुलाबी या लाल अथवा रंग-बिरंगे फूलों वाला पोधा-विशेष, पिंक, 2 **the pink** उत्कृष्टता, उत्कृष्ट अवस्था [the ~ of perfection, politeness, etc], **the pink (of health** पूर्ण स्वास्थ्य; (*sl*) **in the pink** बिल्कुल स्वस्थ; 3 गुलाबी रंग, (*a*) गुलाबी; **pinkish, pinky** *aa* कुछ-कुछ गुलाबी, हल्का गुलाबी, प्याज़ी; **pinkness** *n* गुलाबी रंग, गुलाबीपन

pink^2 *vt* 1 तलवार चुभाना, 2 **to** ~ **(out)** (वस्त्र आदि की कन्नी पर) छिद्र-पंक्ति बनाकर सजावट करना

pink^3 *n* सामन (salmon) मछली का बच्चा

pink^4 *vi* (of vehicle engine) फट-फट करना, फटफटाना

pinnace पिनिस *n* जहाज़ की (चप्पुओं से चलने वाली) नौका

pinnacle पिन-कल *n* & *vt* 1 मीनार का ऊपरी भाग, बुर्ज, कलश, 2 (पर्वत का) शिखर, चोटी (also *fig*) चरम सीमा, पराकाष्ठा, चरमोत्कर्ष [at the ~ of glory]; *vt* शिखर पर बिठाना

pinnate, pinnated पिनेट, पिनेटिड *aa* 1 (*bot*), (of compound leaf) जिसके डंठल के दोनों तरफ़ पत्तियां हों, पिच्छाकार

pinnule पिन्यूल *n* (*bot*) उपपत्र, पत्ती, *zool* छोटे पंख-जैसा अंग, उपपक्ष, पिच्छिका

pint पाइंट *n* तरल पदार्थ की माप = $\frac{1}{2}$ लिटर (litre) से कुछ अधिक

pintado पिन्टाडो *n* 1 एक छोटा समुद्री पक्षी, 2 सलेटी रंग का तीतर-जाति का पक्षी

pintle पिन्टल *n* कीली (वि० वह जिस पर कोई दूसरा पुर्ज़ा घूमता हो), धुरा, धुरी

pioneer^1 पाइअ-निअर *n* 1 नये देश या प्रदेश में सबसे पहले जा कर बसने या काम करने वाला, (दूसरों का) मार्ग प्रशस्त करने वाला, अग्रगामी, अग्रणी, नेता, (प्रथम) पथप्रदर्शक, (व्यवसाय आदि का) प्रवर्त्तक; 2 *mil* मुख्य सेना के लिए सड़क बनाने के लिए फावड़ा आदि ले कर आगे-आगे चलने वाले सैनिकों में से एक, सफ़र-मैना

pioneer^2 *vi* & *t* 1 अग्रणी या अग्रगामी होना, प्रवर्तक होना, 2 *vt* (सड़क) बनाना, (रास्ता) खोलना, (किसी का) नेतृत्व करना, पथप्रदर्शन करना

pious पाइअस *a* 1 धर्मात्मा, धर्मपरायण, धर्मनिष्ठ, पुण्यात्मा, पुण्य करने वाला, साधु, सदाचारी, सच्चरित्र, नेक, 2 ~ deed पुण्य (कर्म); ~**ness** = piety

pip^1 पिप *n* मुर्ग़ियों का एक रोग (जिसमें उनके गले में बलग़म जम जाता है)

pip^2 *n* (ताश के पत्ते या पांसे पर की) बिन्दी, बुन्दकी

pip^3 *vt* (*colloq*) 1 हराना, **to** ~ **at the post** अन्तिम क्षण में हरा देना, 2 (उम्मीदवार को) अस्वीकार करना, न लेना, हटाना, 3 गोली मारना; *vi* to ~ **out** मरना

pip^4 *n* (समय सूचित करने के लिए रेडियो आदि की) पीं-पीं (की ध्वनि)

pipe^1 पाइप *n* 1 (पानी, गैस आदि दूसरी जगह पहुंचाने के लिए धातु, लकड़ी आदि का) नल, नाल, नली, नाली, नलिका, पाइप, 2 बांसुरी, मुरली, वेणु; 3 in *pl* = bagpipes, 4 (पक्षी का) गीत, स्वर, कुहक, कुहुक, 5 (प्राणी के शरीर में) नली-जैसा अवयव [*e.g.* food-pipe], 6 (also tobacco-pipe) (तंबाकू पीने का) पाइप; **Put that in your pipe and smoke it** इस (बात, अपमान आदि) पर विचार करो और हो सके तो इसे सहन कर लो, इसे पी जाओ, 7 शराब का पीपा या ढोल, 8 *comb*: ~-clay (तंबाकू पीने के) पाइप बनाने की मिट्टी; **pipe-line** पेट्रोल (को दूसरी जगह पहुंचाने) की नाली, पाइप-लाइन, नल-लाइन; *fig* (सूचना, सुझाव, माल आदि) पहुंचाने का साधन; **in the pipeline** (माल आदि) जो तैयार हो रहा हो, आ रहा हो, अभी रास्ते में हो, (प्रस्ताव, सुझाव आदि) जो अभी प्रस्तुत किये जाने हों या जिन पर विचार किया जाना हो

pipe^2 *vi* & *t* 1 बांसुरी या मुरली बजाना, 2 मशक-बाजा बजाना, 3 सीटी बजाना, (of wind) सांय-सांय करना, सनसनाना, 4 *vt* (सुर) निकालना,

5 (*naut*) to ~ all hands up (to meal, work, etc) सीटी बजाकर नौ-सेना के सब कर्मचारियों को (खाने या काम के लिए) बुलाना, 6 **to ~ one's eye(s)** रोना, आँसू बहाना, 7 (केक आदि पर) चीनी की रेखाओं से सजावट करना, 8 नल द्वारा तेल (दूसरी जगह) पहुंचाना या ले जाना, 9 *vi* **to ~ down** चुप हो जाना, ढीला पड़ जाना; **to ~ up** चीखना, चिल्लाना, आवाज़ निकालना, गाने लगना, चहकना आदि

piper पाइपर *n* 1 बांसुरी या मुरली बजाने वाला, चलता-फिरता गायक, चारण, 2 मशक-बाजा बजाने वाला; **to pay the ~ (and all the tune)** खर्च उठाना (और मनचाहा काम कराना) [He who pays the piper calls the tune]; 3 मछलियों की कुछ किस्में

pipette पिपेॅट *n* (द्रव की थोड़ी मात्रा एक पात्र से निकालने या दूसरे में डालने के लिए) पतली नली, नलिका, पिपेट

piping[1] पाइपिङ्ग *n* 1 मुरली की आवाज़, सीटी की आवाज़, पक्षी की चहक, हवा की साँय-साँय, 2 मगज़ी, गोट, 3 (केक आदि पर) चीनी की रेखाओं से सजावट

piping[2] *a* **the ~ time(s) of peace** (युद्ध के बाद) आराम से बांसुरी बजाने का समय, शांति का सुखद समय; सुखद शांति-काल; **piping hot** गरमागरम

pipit पिपिट *n* लार्क (lark) जैसा पक्षी

pipkin पिप्किन *n* मिट्टी की हांडी

piquancy पीकन्सि *n* 1 चटपटापन, चरपरापन, 2 मन में खलबली या ऊहापोह पैदा करने का गुण, मनोरंजकता, रोचकता

piquant पीकन्ट *a* 1 (of flavour etc) मज़ेदार, चटपटा, चरपरा, भूख लगाने वाला, 2 मन में मज़ेदार खलबली या उधेड़-बुन या ऊहापोह पैदा करने वाला, रोचक [a ~ situation]

pique[1] पीक *vt* 1 खिझाना, चिढ़ाना, नाराज़ करना, गुस्सा दिलाना, घमंड तोड़ना, मर्माहत करना, 2 कुतूहल या जिज्ञासा पैदा करना, 3 **to ~ oneself on sth** किसी बात पर गर्व करना, किसी बात का घमंड होना

pique[2] *n* 1 वैमनस्य, ईर्ष्या, द्वेष [He took a ~ against me], 2 खीझ, नाराज़गी, गुस्सा, **in a fit of ~** क्रोधावेश में

piquet पिकेॅट *n* (32 पत्तों से दो व्यक्तियों में खेला जाने वाला) ताश का खेल, पिकेट

piracy पाइअ-रसि *n* 1 समुद्री डकैती, जलदस्युता, 2 दूसरे का ग्रन्थ अपने नाम से छपाना, 3 साहित्यिक चोरी, विचारों की चोरी, आविष्कार की चोरी

piragua पिरैग्व: *n* (एक ही पेड़ के तने से बनाई हुई) लंबी डोंगी या नाव

pirate पाइअ-रट *n* & *vt* 1 समुद्री डाकू, जलदस्यु, डाकू, लुटेरा, 2 लेखक या प्रकाशक के प्रतिलिपि-अधिकार का उल्लंघन करने वाला, दूसरे के विचारों को चुराने वाला, साहित्यिक-चोर, साहित्य-चोर, 3 नियत मार्ग पर अनधिकृत रूप से चलने वाली बस, चोर-बस, 4 *attrib* अनधिकृत प्रसारण करने वाला [a ~ radio station]; *vt* 1 लूटना, 2 (किसी का ग्रन्थ) अनधिकृत रूप से प्रकाशित करना, साहित्यिक नकल या चोरी करना

piratical पाइअ-रैटिकल *a* 1 जलदस्यु का, जलदस्युवत्; 2 अनधिकृत [~ printer, publisher]

pirogue पिरोग *n* =piragua

pirouette पिरु-एॅट *n* & *vi* नर्तक का एक ही पाँव या अंगूठे पर खड़े होकर लट्टू की तरह घूमना, चक्कर खाना, एकपाद्भ्रमण (करना), एकांगुष्ठभ्रमण (करना)

piscary पिस्करि *n* **common of ~** दूसरे के जलाशय में मछली पकड़ने का अधिकार

piscatorial पिस्कटॉ-रिअल, **piscatory** पिस्कटरि *aa* मछुओं से संबंधित, मछली पकड़ने से संबंधित

Pisces पाइसीज़, पिसीज़ *n pl* मीन राशि

pisciculture पिसि-कल्चर *n* मत्स्यपालन

piscina पिसाइन:, पिसीन: *n* मछलियां पालने का तालाब, मत्स्यकुण्ड

piscivorous पि-सिव-रस *a* मत्स्यभक्षी, मत्स्यभोजी, मत्स्याहारी

pish पिश *int* & *vi* घृणा या अरुचि या उकताहट व्यक्त करने का शब्द, छि:-छि:, धिक्कार! *vi* छि:-छि: करना

pisiform पाइसि-फ़ॉर्म *n* मटर-जैसा गोल, वर्तुल, ~ bone वर्तुलिका अस्थि

piss पिस *n* & *vi* & *t* (*vulg*) पेशाब; *vi* पेशाब करना; *vt* to ~ blood etc पेशाब के साथ खून आना

pistachio पिस्टाशिओ *n* 1 पिस्ता, पिस्ते का पेड़; 2 पिस्तई रंग

pistil पिस्टिल *n* (*bot*) स्त्रीकेसर; **pistillary** पिस्-टिल-रि *a* स्त्रीकेसरयुक्त, स्त्रीकेसरी, मादा

pistol पिस्टल *n* & *vt* (-ll-) पिस्तौल, तमंचा, **to hold a ~ to s.o.'s head** डरा-धमका कर किसी से काम कराना, *vt* पिस्तौल मारना, पिस्तौल का निशाना बनाना

pistole पिस्टोल *n* (*hist*) यूरोप (वि० स्पेन) का सोने का सिक्का

piston पिस्टन *n* पिचकारी आदि की नाली में आगे-पीछे होने वाला चकती या छोटे बेलन के आकार का पुर्ज़ा, पिस्टन

pit[1] पिट *n* 1 गढ़ा, गड्ढा, गर्त; **to dig a ~ for s.o.** *fig* किसी के लिए गढ़ा या कूआं खोदना, किसी के लिए जाल बिछाना; अनाज आदि रखने का गढ़ा, खत्ता, खत्ती, 2 खनिज निकालने के लिए खोदा गया गढ़ा, खान [coal-~, chalk-~, etc], 3 **the (bottomless) ~ (of hell)** नरक,

4 ~ of the stomach उदर-गर्त, 5 चेचक का निशान, 6 सभामंडप में धरातल का भाग, सबसे निचली सीटें; वहां बैठे प्रेक्षक-गण; 7 (*comb*) **pitfall** पशुओं को फंसाने के लिए ढका हुआ गढ़ा, चोर-गढ़ा, प्रच्छन्न गर्त, *fig* छिपा ख़तरा, कठिनाई, फंदा; **pit-head** खान का मुंह; **pitman** खान-मज़दूर

pit^2 *vt* & *i* 1 (सब्जियां या अनाज) गढ़े या खत्ते में रखना, 2 (दो मुर्गों या कुत्तों को परस्पर लड़ाने के लिए) अखाड़े में उतारना, भिड़ाना, (*fig*) **to pit s.o. against s.o.** किसी को किसी के मुकाबले पर खड़ा करना, 3 (of small pox) त्वचा पर दाग या निशान बनोना (esp. in *pp*); *vi* (*path*; of flesh etc) उंगली से दबाने पर कुछ देर तक गड्ढा बना रहना

pit-a-pat *adv* & *n* (of rain) **to go pit-a-pat** तड़-तड़ की आवाज़ करना, तड़ातड़ पड़ना; (of heart) ज़ोर से धड़कना, धक-धक करना, धकधकाना; (of feet) डगमगाना, लड़खड़ाना, *n* तड़-तड़ का शब्द; धकधकी

pitch^1 पिच *n* 1 तारकोल, डामर, 2 राल, 3 *comb*: **~-black** बहुत काला; (of person) काला-कलूटा, **~-dark** घोर अन्धकार, घुप अंधेरा; **~-pine** बहुत राल वाला चीड़

pitch^2 *vt* 1 तारकोल पोतना, कालिख पोतना, बिल्कुल काला कर देना, 2 राल पोतना,

pitch^3 *vt* & *i* 1 (तंबू) गाड़ना, (क्रिकिट की विकिट) गाड़ना [to ~ wickets]; 2 *abs* पड़ाव डालना, शिविर डालना, 3 (सड़क पर) पत्थर बिछाना या जड़ना, (सड़क को) पक्का करना, 4 *mus* सुर बांधना या अलापना, to ~ one's voice higher, lower सुर और ऊंचा, नीचा, करना; to ~ one's aspirations too high बहुत ऊंची उम्मीदें बांधना, 5 (कोई वस्तु) निशाने पर फेंकना; दे मारना; (*crick*) full-pitched ball पूरे ज़ोर से फेंकी गई गेंद, 6 मंडी या बाजार में बिक्री के लिए (माल) लगाना, 7 *vi* धड़ाम से गिरना, ज़ोर से आ लगना [to ~ on one's head], **8 to ~ in** (*colloq*) ज़ोर-शोर से काम शुरू कर देना; **to ~ into s.o.** *colloq* ज़ोर से मारना या आक्रमण करना, मुक्के मारना, *fig* तीव्र आलोचना करना, **9 to ~ upon** s.o., sth, कोई व्यक्ति या चीज़ अकस्मात् या संयोगवश चुन लेना [They ~ed upon the right man for the job], **10** (of ship) इस तरह डोलना कि कभी अग्रभाग और कभी पश्चभाग पानी में अधिक डूबे (cf. roll 7); **11 pitched battle** (नियत मैदान में) जम कर की गई लड़ाई; व्यूह बना कर किया गया युद्ध; *fig* तीखा वाद-विवाद

pitch^4 *n* 1 (पत्थर आदि) फेंकना, क्रिकिट की गेंद फेंकने का ढंग (अर्थात् धीरे-धीरे अथवा तेज़ी से) फेंक, 2 मंडी या बाजार में बिक्री के लिए लगाये गये माल की मात्रा, 3 (मंडी के मैदान में कारीगर आदि का) अड्डा; **to queer the ~** (see queer^2), 4 *crick* दोनों ओर की विकिटों के बीच तथा उनके आस-पास की जगह, पिच; 5 बाज़ की उड़ान की ऊंचाई, *fig* ऊंचाई, कोटि, दर्जा, to the highest ~ उच्च कोटि तक, 6 छत की ढलान, ढलान की मात्रा, ढाल, **~ed roof** ढालू छत, 7 (mus) (स्वर की) ऊंचाई, तीव्रता, तारत्व (~ of a sound); स्वर-मान, स्वराघात, 8 *mech* चूड़ियों का अन्तर, चूड़ी-अन्तर, सूत्रान्तर; ~ of a screw पेच का सूत्रान्तर; 9 ~-wheel दांतेदार पहिया

pitchblende पिच्ब्लेन्ड *n* एक मिश्र धातु जिससे रेडियम निकाला जा सकता है

pitcher^1 पिचर *n* 1 घड़ा, मटका, कलसा, कलश, गागर, 2 *bot* घड़े के आकार का पत्ता, घटपर्ण; **pitcher-plant** घटपर्णी

pitcher^2 *n* 1 मंडी में प्रतिदिन नियत स्थान पर अड्डा जमाने वाला कारीगर, 2 (at baseball) गेंद फेंकने वाला, गेंदबाज़

pitchfork पिच्फ़ॉर्क *n* & *vt* सूखी घास को गढ़े में डालने के लिए लंबे दस्ते का चिमटा, *vt* चिमटे से उठा कर रखना, (*fig*) to ~ s.o. **into a post** etc किसी को ज़बरदस्ती पद पर ला बिठाना

pitchy पिचि *a* तारकोल या डामर का, डामर-जैसा, बहुत काला

piteous पिटिअस *a* 1 करुण, करुणाजनक, दर्दभरा, 2 दयनीय, शोचनीय

pith पिथ *n* 1 कुछ प्रकार के पौधों के डंठल का गूदा, मज्जा, 2 सन्तरे आदि के छिलके के अन्दर का सफ़ेद भाग, 3 मेरुरज्जु, रीढ़रज्जु, 4 *fig* सार, सारभाग, सारांश, तत्त्व, निचोड़, सत, 5 बल, ताकत, उत्साह, साहस

pithecanthrope पिथि-कैन्थ्रोप *n* पुच्छहीन बन्दर और मनुष्य के बीच का प्राणी; बनमानुष

pithily पिथिलि *adv* संक्षेप से, संक्षिप्त शैली में; **pithiness** *n* 1 सारवत्ता, 2 संक्षिप्तता, संक्षिप्त शैली

pithy पिथि *a* 1 (of stem) गूदेदार, मज्जाबहुल, 2 सारवान्, 3 (of style) संक्षिप्त एवं ओजस्वी, सारगर्भित, ज़ोरदार

pitiable पिटिअ-बल *n* 1 दयनीय, शोचनीय, करुणाजनक, दीन-हीन, अभागा, 2 (of appearance) मलिन, म्लान, मुर्झाया हुआ

pitiful *a* 1 दयनीय, शोचनीय, करुणाजनक, 2 घृणित, घृणाजनक, तुच्छ

pitiless *a* निर्दय, क्रूर, निष्ठुर, बेदर्द, बेरहम

piton पीटन *n* (mountain climbing) (चट्टान में गाड़ने की) बड़ी मेख़ या खूंटी, कीला, खूंटा

pittance पिटन्स *n* तुच्छ वेतन या भत्ता (जिससे निर्वाह करना कठिन हो), थोड़ी-सी आमदनी, चंद टके [**I have to work all day for a mere ~**]

pituitary पिटयूइ-टरि *a* 1 *arch* कफ़ या श्लेष्मा का, बलगमी; 2 ~ **gland** *or* **body** मस्तिष्क के नीचे स्थित गिल्टी (जो शरीर के विकास और वृद्धि पर प्रभाव डालती है), पीयूष ग्रन्थि

pity^1 पिटि *n* 1 दया, अनुकम्पा, तरस, रहम, करुणा, to take ~ on s.o. किसी पर दया करना, तरस खाना ; सहानुभूति, हमदर्दी, to feel ~ **for s.o.** किसी से सहानुभूति होना, किसी पर तरस आना, दया आना; 2 दुःख या अफ़सोस की बात, खेद का विषय [It is a great ~, a thousand pities, you did not mention it. What a pity!]

pity^2 *vt* (oft *contempt*) किसी पर दया करना, रहम करना, तरस खाना, किसी से सहानुभूति करना या होना [He is much to be pitied]

pivot^1 पिवट *n* 1 कीली (जिस पर कोई चीज घूमे अथवा झूले), धुरी, चूल, कीलक, 2 *mil* = (fugleman), नेता, अग्रणी, 3 *fig* केन्द्रबिन्दु; व्यक्ति जिस पर सब कुछ निर्भर करे, मुख्य व्यक्ति

pivot^2 पिवट *vt* & *i* 1 धुरीयुक्त करना, कीली या धुरी पर खड़ा करना, 2 *vi* (धुरी पर रखी चीज की भांति) घूमना, चक्कर खाना ; झूलना, (*fig*) to ~ **upon** किसी पर आधारित या आश्रित या निर्भर होना; **pivotal** *a* केन्द्रभूत, आधारभूत, केन्द्रीय, मुख्य, प्रधान

pixy, pixie पिक्सि *n* परी-जैसा प्राणी, परी, अप्सरा

placable प्लेक-बल *a* जिसे आसानी से मनाया जा सके, जिसका विरोध शान्त किया जा सके, जल्दी प्रसन्न होने वाला, आशुतोष

placard प्लैकार्ड *n* & *vt* (दीवार या फट्टे पर चिपकाने के लिए काग़ज के एक तरफ़ छपा हुआ) इश्तहार, विज्ञापन (-पत्र); *vt* (दीवार आदि पर) इश्तहार लगाना या चिपकाना [to ~ a wall etc]; (माल का) विज्ञापन करना [to ~ wares]

placate प्लकेट *vt* (व्यक्ति को) मनाना, राज़ी करना, (व्यक्ति का) विरोध शान्त करना, मनाना

placatory प्लके-टरि *a* मनाने के लिए किया जाने वाला, आराधनात्मक, आराधनार्थ

place^1 प्लेस *n* 1 स्थान, स्थल, जगह, प्रदेश; to change ~**s with s.o.** किसी के साथ जगह बदलना, **in** ~s कुछ जगहों पर, कहीं-कहीं, 2 नगर, गाँव आदि, 3 निवास-स्थान, घर, ठिकाना [Come round to my ~]; **to go places** (*colloq*) दिन-प्रतिदिन अधिक सफलता प्राप्त करना, 4 विशिष्ट काम के लिये नियत स्थान या भवन या घर; ~ of amusement मनोरंजन का स्थान (सिनेमाघर आदि), ~ of worship पूजा-घर, उपासनागृह, धार्मिक स्थान (मन्दिर आदि), 5 नौकरी, स्थान, जगह, 6 दर्जा, पद, ओहदा; **to put s.o. in his (proper) place** डींग मारने वाले को उसका वास्तविक पद बतलाना, (धृष्टता करने वाले को) फटकारना, घमण्ड तोड़ना, 7 (ग्रन्थ का) स्थल, प्रकरण, 8 गुंजाइश, अवकाश, अवसर, मौका [There is no ~ for doubt], 9 बयान देने या तर्क करने में कही गई बातों का क्रम, **in the first place** पहली बात यह है कि, सबसे पहले, 10 (बैठने या खड़े होने की) जगह, स्थान, आसन [Take your ~s; go back to your ~s]; **in** ~ अपनी जगह पर, यथास्थान; प्रसंगानुकूल, उचित, **out of place** अनुचित, अप्रासंगिक, बेमौका [a remark out of ~], 11 **All over the** ~ अव्यवस्थित, गड़बड़, बेतरतीब; **to give** ~ **to** (i) किसी के लिए जगह बनाना, जगह देना, (ii) (दूसरी चीज द्वारा पहली का) स्थान ले लेना, (पहली के) स्थान पर आना [slavery has given ~ to freedom]; **to take** ~ (घटित) होना; **to take the** ~ **of** का स्थान लेना, के बदले में आना

place^2 *vt* 1 रखना, धरना, बिठाना, जमाना, (अनेक वस्तुओं को) क्रम से रखना, सजाना, 2 किसी को पद या दर्जा या ओहदा देना, पद पर नियुक्त करना, 3 to ~ an order (**for** goods) माल मंगाने के लिए लिखना या कहना, माल का आर्डर देना; 4 (*colloq*) I can't ~ him (मैंने उसे कहीं देखा है पर) मुझे याद नहीं आ रहा कि वह कौन है, मैं उसे पहचान नहीं पा रहा, 5 **to** ~ **confidence in**(*or* **on**) s.o. पर भरोसा करना; (व्यापार आदि में रुपया) लगाना, 6 **to be placed** (i) प्रतियोगिता जीतने वाले पहले तीन (व्यक्तियों या घोड़ों) में होना, (पहले, दूसरे या तीसरे) नम्बर पर आना, (ii) स्थित होना, विशेष स्थिति में होना, to be awkwardly ~d कठिन या विकट स्थिति में होना, to be well ~d अच्छे पद पर होना

placement *n* 1 (व्यक्ति का) स्थान-निर्धारण, 2 काम देना, नौकरी दिलाना; काम पर लगना, नौकरी लगना

placenta प्ल-सेन्टः *n* गर्भनाल, जरायुनाल; ~l *a* जरायुनाल का

placid प्लैसिड *a* 1 मृदुस्वभाव, नरम-मिज़ाज, नम्र, विनीत, 2 प्रसन्नचित्त, शांत, क्षोभरहित, 3 जिसमें लहरें न उठ रही हों, अक्षुब्ध; ~**ity** *n* 1 मृदुस्वभाव, नरमी, नम्रता, विनीतता, 2 प्रसन्नचित्तता, शान्त स्वभाव, मानसिक शांति, 3 अक्षुब्धता

placket प्लैकिट *n* (वि॰ पाश्चात्य ढंग के लहँगे का) जेब, खीसा; ~-**hole** जेब का मुँह

plagiarism प्लेजिअ-रिज़म *n* साहित्यिक चोरी, विचारों की चोरी, आविष्कार की चोरी; **plagiarist** *n* साहित्यिक चोर, काव्यचोर

plagiarize प्लेजिअ-राइज़ *vt* किसी के लेख, लेखांश, विचारों, आविष्कारों आदि को चुराना (और उन्हें अपना बताकर काम में लाना), साहित्यिक चोरी करना, विचारों की चोरी करना, आविष्कार की चोरी

करना

plagiary प्लेजिअ-रि *n* (*arch*) 1 = plagiarism, 2 = plagiarist

plague^1 प्लेग *n* 1 विपत्ति (वि० वह जो ईश्वरीय दण्ड के रूप में आये), आपदा, मुसीबत, 2 the ~ महामारी, ताऊन, प्लेग, 3 *colloq* तंग करने वाला व्यक्ति या बात, मुसीबत, बला, आफ़त [What a ~ this child is!], 4 **plague-spot** प्लेगग्रस्त स्थान, बीमारी का घर, *fig* अनाचार या भ्रष्टाचार फैलाने वाली बात, भ्रष्टाचार का मूल, पाप का अड्डा

plague^2 *vt* तंग करना, परेशान करना, to ~ s.o. with questions etc किसी को प्रश्नों (की भरमार) से परेशान करना

plaguy प्लेगि *a* (*colloq*) तंग करने वाला, परेशान करने वाला, **plaguily** *adv* तंग या परेशान करते हुए

plaice प्लेस *n* (*pl* same) चपटी किस्म की यूरोपीय मछली

plaid प्लेड *n* 1 एक प्रकार का ऊनी (प्राय: चारखाना) कपड़ा, 2 स्काटलैण्ड के पहाड़ी लोगों का चोगा

plain^1 प्लेन *a & adv* 1 स्पष्ट, साफ़, व्यक्त, सुबोध, सरल, जो आसानी से समझ में आ जाये, to make sth plain to s.o. किसी को कोई बात समझा देना, 2 स्पष्टवादी, खरा, साफ़-साफ़ कहने वाला; **to be ~ with s.o.** किसी से साफ़-साफ़ कहना, 3 (of food) जिसमें मिर्च-मसाले न हों, व्यंजन रहित, सादा, 4 **plain clothes** वर्दी से भिन्न वस्त्र, सादा लिबास या पहनावा [~-clothes policeman], 5 बिना सजावट का, अनलंकृत, (of drawing) जिसमें रंग न भरा गया हो; 6 जिसमें सौंदर्य न हो, साधारण [She looks very ~], 7 ~ **living** सुख-साधनों या भोग-विलास से रहित जीवन, सादा जीवन; ~ **dealing** ईमानदारी, निष्कपटता, खरापन, ईमानदारी का व्यवहार, निष्कपटता का व्यवहार, खरा सौदा; ~ **sailing** आसान काम; ~ **speaking** साफ़ बात, खरी बात, स्पष्टवादिता; ~**-spoken** स्पष्टवादी, खरी-खरी कहने वाला, मुंहफट; **plainly** *adv* स्पष्टत:, साफ़-साफ़; **plainness** *n* 1 स्पष्टता, सुबोधता, सरलता, 2 स्पष्टवादिता, 3 सादगी, सरल स्वभाव, 4 सौन्दर्य का अभाव, कुरूपता

plain^2 *n* समतल भूमि, प्रस्थ, मैदान, मैदानी इलाका; ~**sman** मैदान का रहने वाला

plaint प्लेन्ट *n* 1 *law* शिकायत, फ़रियाद, वादपत्र, 2 *poet* विलाप, शोक

plaintiff प्लेन्टिफ़ *n* वादी, मुद्दई

plaintive प्लेन्टिव *a* 1 शोकमय, दु:खभरा, करुण [~ tone], 2 शोकमग्न, शोकातुर, उदास; ~**ness** *n* शोकमयता, शोकातुरता

plait प्लेट *n & vt* 1 = pleat, 2 गूंथे हुए बाल, बटे हुए फीते; *vt* बाल गूंथना, चोटी गूंथना, चोटी करना, फीतों को बटना

plan^1 प्लैन *n* 1 (मकान, नगर आदि का) नक्शा, रेखाचित्र, मानचित्र, खाका, 2 (पुस्तक की) रूपरेखा, 3 काम करने का (पूर्वापर) क्रम, ढंग, तरीका [The better ~ is to peel them after boiling], 4 विभिन्न (विकास-)कार्यों की सूची तथा उनका पूर्वापर क्रम और कार्यपद्धति, योजना [a five-year plan]; परियोजना, 5 पहले से सोची हुई या निश्चित की हुई बात, निश्चय, विचार, इरादा [I have changed my ~s], 6 विन्यास, क्रम

plan^2 *vt* 1 नक्शा या रेखाचित्र या खाका बनाना [to ~ a five-star hotel], 2 (ग्रन्थ का) ढांचा या रूपरेखा तैयार करना, 3 कार्यविधि सोचना, योजना बनाना, 4 सोचना, विचार या इरादा करना [to ~ a pilgrimage; to ~ to do sth]

planned *a* योजनाबद्ध, सुयोजित [~ development, economy, etc], ~ parenthood सुविचारित सन्तानोत्पत्ति

planchet प्लैंशिट *n* धातु का गोलाकार पत्तर जिससे सिक्के बनाये जाते हैं, मुद्राचक्रिका

planchette प्लैंशेट *n* पेन्सिल-सहित फट्टा या फलक जिस पर किसी व्यक्ति द्वारा उंगलियां रखने से स्वयं अक्षर और शब्द बनते जाते हैं

plane^1 प्लेन *n* एक ऊंचा और विशाल पेड़

plane^2 *n & vt* लकड़ी को समतल करने का औज़ार; धातु को समतल करने का औज़ार, रंदा; *vt* रंदे से लकड़ी या धातु को समतल बनाना, रंदे से छीलना, रंदा करना, रंदना

plane^3 *n & vt* 1 ऐसी सतह जिस में स्थित किन्हीं दो बिन्दुओं को मिलाने वाली (सारी की सारी) रेखा उसी सतह में स्थित हो, (हमवार) सतह, समतल, तल; inclined ~ ढालुआं तल, 2 (बिल्लौर का कोई एक) पहलू, पार्श्व, तल, फलक, 3 *fig* (विचार, बुद्धि, संस्कृति आदि का) स्तर, कोटि, दर्जा [~ of thought, intellect, culture, etc], 4 विमान, हवाई जहाज; *vi* विमान में उड़ना या जाना

plane^4 *a* समतल, हमवार, सपाट; ~-table सर्वेक्षण-पट्ट

planet प्लैनिट *n* 1 *astron* सूर्य की परिक्रमा करने वाला तारा, ग्रह, *major planets*: Mercury, Venus, Earth, Mars, Jupiter, Saturn, Uranus, Neptune, *minor planets*: छोटे ग्रह (= asteroids *q.v.*); 2 *hist & astrol* सूर्य और चन्द्रमा आदि ऐसे आकाशीय पिंड जिनकी एक-दूसरे से दूरी बदलती प्रतीत होती है और जो गतिमान प्रतीत होते हैं जिनके विषय में धारणा है कि वे मनुष्य के जीवन को प्रभावित करते हैं; ~**-struck**, ~**-stricken** *arch* घबराया हुआ, डरा हुआ

planetarium प्लैनिटेअरियम *n* (*pl* -iums, -ia) 1 प्रोजेक्टरों के प्रयोग से नभोमंडल का-सा दृश्य दिखाने का यन्त्र ; कृत्रिम नभोमंडल-दर्शी; नक्षत्र-

दर्शी; 2 इसकी इमारत, नक्षत्रशाला, ताराघर; 3 =Orrery

planetary प्लै-निट्रि *a* 1 ग्रह का, ग्रहसंबंधी, ग्रहीय, 2 ~ system, सौर जगत्, 3 लौकिक, सांसारिक, पार्थिव; 4 अनियत गति वाला, अस्थिर-चित्त

planetoid प्लैनिटॉइड *n* छोटा ग्रह, लघु ग्रह, क्षुद्र ग्रह, ग्रहिका (= asteroid)

plangent प्लैन्जन्ट *a* (of sound) 1 दुःख-भरा, दर्दभरा, 2 गूंजता हुआ

planimeter प्ल-निमिटर *n* कटी-फटी समतल आकृति का क्षेत्रफल मापने का यन्त्र, क्षेत्रफलमापी, क्षेत्रमापी

planish प्लैनिश *vt* 1 हथोड़े आदि से (धातु को) चिपटा करना, सिक्कों की धातु को रोलरों के बीच रख कर चिपटा करना, 2 (फ़ोटो आदि को) रोलर से पालिश करना

plank^{1} प्लैङ्क *n* 1 लकड़ी का लंबा तख्ता (जो 2 से 6 इंच तक मोटा और 9 इंच से अधिक चौड़ा हो), फट्टा, फलक, 2 (*hist*) to walk the ~ (समुद्री डाकुओं के कैदी का आंखों पर पट्टी बांधे) जहाज के साथ टिकाये गये तख्ते पर चल कर पानी में उतरना, 3 (राजनीतिक या अन्य) कार्यक्रम का अंग, कार्यक्रम की मद, 4 ~-bed, (कैदियों के सोने के लिए) बिना गद्दे का तख़्ता

plank^{2} *vt* 1 (फ़र्श पर) फट्टे या तख़्ते बिछाना, तख़्तों से ढकना, 2 to ~ **down money** (*sl*) तत्स्थल रुपया देना, वहीं रुपया धर देना, हवाले करना

plankton प्लैङ्क्टन *n* समुद्र या नदी के विभिन्न स्तरों पर पाये जाने वाले सभी तैरते जीव; परिप्लावी जीव, प्लवक

plano-convex प्लेनो-कॉन्वेक्स *a* एक तरफ़ से समतल और दूसरी तरफ़ से उभरा हुआ, समतल-उत्तल, समतलोत्तल

plant^{1} प्लान्ट *n* 1 पौधा, वनस्पति, 2 (कारखाने के) उपकरणों और यन्त्रों आदि का समवाय, संयंत्र, 3 (U.S.) कारखाना, 4 (योजनाबद्ध) ठगी, 5 बाहर से ला कर रखी वस्तु ताकि वहां से बरामद हो सके (see foll 6)

plant^{2} *vt* 1 (पेड़, पौधा) लगाना, रोपना, उगाना, (बीज) बोना [to ~ a sapling, tree, etc; to ~ a field with wheat], 2 (बल्ली आदि) गाड़ना, 3 (व्यक्ति को, वि० जासूस के रूप में, कहीं) खड़ा करना, रखना, तैनात करना; to ~ oneself खड़ा होना, अपने को जमाना, 4 (विचार आदि) मन में बैठाना [to ~ an idea in s.o.'s mind], 5 (निशाना बांध कर) प्रहार करना, (घूंसा) जमाना [to ~ a blow etc], 6 (निर्दोष को दोषी सिद्ध करने के लिए) कोई चीज उसके यहां छिपाकर रख देना [Large quantities of explosives were recovered; some said that these had been planted by the police], 7 to ~ out (गमले या तंग जगह से) पौधे या पौद को उखाड़ कर खुली धरती में लगाना, प्रतिरोपण करना

plantain प्लैन्टिन *n* (एक प्रकार का) केला, कदली

plantar प्लैन्टर *a* (*anat*) पाँव के तलवे का, पादतल का

plantation प्लान्टेशन, प्लैन्टेशन *n* 1 स्वयं उगाये हुए पेड़ों या पौधों का क्षेत्र, खेत, बागीचा, बाड़ी, उद्यान, वृक्षवाटिका [~s of almonds and walnuts], 2 (चाय, काफ़ी, कपास, तंबाकू आदि का) बागान, खेती, 3 बाग लगाना, रोपाई, रोपण, 4 ~ song (अमरीका के बागानों में) रोपाई करने वाले हब्शियों का गीत

planter प्लान्टर *n* 1 (सब्ज़ियाँ, अनाज आदि) उगाने वाला, किसान, खेतिहर, काश्तकार, कृषक, 2 बागान लगाने वाला, बागान का मालिक [coffee, cotton, sugar, tea, -planter]

plantigrade प्लैन्टिग्रेड *a* & *n* तलवों के बल चलने वाला (पशु) *e.g.*, रीछ या मनुष्य, पादतल-चारी

plaque^{1} प्लैक, प्लाक *n* 1 धातु या चीनी मिट्टी आदि की सजावटी तख़्ती, पट्टी, फलक, 2 (पद-सूचक) बिल्ला; **plaquette** प्लैकेट *n* छोटी तख़्ती या पट्टी, पटिया

plash^{1} प्लैश *n* 1 दलदली तलैया, 2 गन्दे पानी का छिछला गढ़ा, डबरा, कुंड

plash^{2} *vi* & *t* 1 (पानी में) छपछप करना, छपछपाना, छींटे उड़ाना, (of brook) कल-कल निनाद करना, 2 किसी पर छींटे डालना

plash^{3} *n* 1 छप-छप का शब्द, कल-कल ध्वनि, (वर्षा की बूंदों की) टप-टप, पानी में किसी चीज़ के गिरने की आवाज़, 2 (रंग, कीचड़ आदि का) छींटा

plash^{4} *vt* (टहनियों को) मोड़ और गूंथ कर बाड़ बनाना, इस प्रकार (बाड़ की) मरम्मत करना

plasm प्लैज़म *n* =foll

plasma प्लैज़्मः *n* 1 रक्त का वह वर्णहीन अंश जिसका थक्का बन सकता है और जिसमें रक्त-कणिकाएं तैरती रहती हैं; जीवद्रव्य, प्लाज़्मा, 2 दूध का वह अंश जो जमता है और जिसमें घृतकणिकाएं तैरती रहती हैं

plaster^{1} प्लास्टर *n* 1 (पट्टी पर लगा कर घाव आदि पर लगाने का) लेप, पलस्तर; **sticking** ~ चिपकने वाला पलस्तर, 2 (दीवार पर लगाने का चूने, रेत, सीमेंट आदि का) लेप, पलस्तर; 3 ~ of Paris सिलखड़ी का चूर्ण (जो जोड़ने और साँचे बनाने के काम आता है), पैरिस प्लास्टर

plaster^{2} *vt* 1 (घाव आदि पर) पलस्तर लगाना, 2 लेपना, लिपाई करना; पलस्तर करना, 3 चिपकाना; 4 to ~ **with** decorations, praise, etc. असंख्य पदकों से अलंकृत करना, भूरि-भूरि

प्रशंसा करना, 5 *sl* भारी बमवर्षा करना

plastic प्लैस्टिक *a* 1 चिकनी मिट्टी या मोम आदि को ढालने का; ∼ **arts** मूर्तिकला, चीनी-मिट्टी उद्योग आदि; 2 ∼ **surgery** विकृत अंग को ठीक करने के लिए उस पर अन्य अंग की त्वचा आदि का आरोपण, प्लास्टिक शल्यचिकित्सा, 3 जिसे आसानी से ढाला जा सके, ढलनशील, सुघट्य [∼ clay]; ∼ **bomb** प्लास्टिक विस्फोटक द्रव्य का बना बम (जिसका प्रयोग प्राय: आतंकवादी करते हैं), प्लास्टिक बम, 4 ढालने वाला, ढलाई से बनने वाला, ढलाई का, 5 नम्य, सुनम्य, लचीला, *fig* नम्र, दब्बू, बात मानने वाला, जिसे सिखाया जा सके, विनेय [∼ mind]; ∼**ity** *n* 1 सुघट्यता, 2 लचीलापन, नम्यता

plasticine प्लैस्टिसीन *n* एक सुघट्य द्रव्य (का व्यापारिक नाम) जिससे स्कूली बच्चे विभिन्न आकृतियां बनाते हैं, प्लास्टिसीन

plastron प्लैस्ट्रन *n* 1 (तलवार का खेल करने वाले का चमड़े से मढ़ा हुआ) वक्षस्त्राण; 2 कछुए की खाल का पेट के नीचे का भाग, अधर वर्म

plat प्लैट *n* जमीन का टुकड़ा [grass-plat]

plate^{1} प्लेट *n* 1 थाली, रकाबी, तश्तरी, प्लेट [dinner, soup, -∼]; **to give** *or* **hand s.o. sth on a** ∼ किसी को कोई चीज आसानी से लेने देना या अपने आप दे देना, 2 (गिरजे आदि में दान एकत्र करने की) प्लेट, 3 *collect sing* सोने, चांदी आदि के बरतन, 4 (धातु आदि की) तख्ती, पट्टी, पटिया, पट्ट, फलक, पत्रक, पत्तर, चादर, 5 नक्काशी करने की तख़्ती, उत्कीर्ण तख़्ती या प्लेट; 6 (उत्कीर्ण प्लेट से छापा हुआ) चित्र, प्लेट [full-page ∼], 7 दरवाज़े आदि पर लटकाने के लिए नाम या अन्य विवरण सहित पट्टी, **name-**∼ नाम-पट्ट; **number-**∼ अंक-पट्ट, 8 शीशे की तख्ती; **sensitive** ∼ (फ़ोटो-फ़िल्म सहित शीशे या धातु की) प्लेट, 9 **roof** ∼ दीवार की चोटी के साथ-साथ रखा जाने वाला शहतीर जिस पर छत की (आड़ी या ढालुआं) कड़ियां जड़ी जाती हैं; **window** ∼ खिड़की के चौखटे के ऊपर या नीचे रखने की बल्ली या फट्टा, 10 (दुकानों की खिड़कियों में लगने वाली) मोटे शीशे की पट्टी, पट्टिका-कांच, 11 प्लास्टिक की पट्टी जिस पर नकली दांत लगाये जाते हैं, प्लेट; *colloq* नकली दांत, 12 (*comb*) ∼**-layer** रेल की पटरी बिछाने वाला तथा मरम्मत करने वाला, पटरीसाज़

plate^{2} *vt* 1 पानी चढ़ाना, मुलम्मा करना, गिलट करना; **to** ∼ **with** gold, **silver** सोने या चांदी का पानी चढ़ाना; **to** ∼ **with** tin कलई करना, ∼**ed** *a* मुलम्मा किया हुआ; कलई किया हुआ, कलईदार, 2 बचाव या सजावट के लिए (वि० जहाज़ पर) धातु की चादर मढ़ना, 3 मुद्रण के लिए टाइप की प्लेट बनाना, मुद्रण-पट्ट बनाना

plateau प्लैटो *n* (*pl* **-aux, -aus**) ऊंची समतल भूमि, पठार

platen प्लैटन *n* 1 मुद्रण-यन्त्र की वह तख़्ती जिस पर रखा काग़ज़ टाइप-पट्ट से टकरा कर छपता है; 2 टाइप-मशीन का रोलर (जिस पर छपाई का काग़ज़ लिपटा रहता है), दाब-बेलन, प्लैटन

plater प्लेटर *n* 1 मुलम्मा करने वाला, मुलम्मासाज़, मुलमची; कलईगर, 2 जहाज पर धातु की चादर मढ़ने वाला, 3 घुड़दौड़ में भाग लेने वाला घटिया घोड़ा

platform प्लैट्फ़ॉर्म *n* 1 चबूतरा, चौतरा, 2 (रेल का) प्लेटफार्म, 3 (सार्वजनिक सभा में या सभाभवन में) वक्ता का मंच, सभामंच), (*fig*) **the** ∼ वक्तृता, भाषण, भाषण-कला, वक्तृत्व, 4 राजनीतिक दल की नीति या कार्यक्रम, (*fig* U.S.) दल की नीति की घोषणा

plating प्लेटिङ्ग *n* 1 मुलम्मा, सोने-चांदी का पानी; 2 मुलम्मा करना, पानी चढ़ाना

platinize प्लैटिनाइज *vt* प्लैटिनम का पानी चढ़ाना

platinoid प्लैटि-नॉइड *n* गिलट, जस्ते, तांबे और टंगस्टन (tungsten) की मिश्रधातु, प्लैटिनायड (also see foll 2)

platinum प्लैटिनम *n* 1 चांदी जैसी सफ़ेद किन्तु उससे अधिक भारी धातु जो बहुत ऊंचे तापमान पर पिघलती है; 2 ∼ **metals** = platinoids

platitude प्लैटि-ट्यूड *n* 1 साधारणता, नीरसता [the ∼ of a discourse], 2 साधारण बात या उक्ति, नीरस उक्ति, घिसी-पिटी बात [a discourse full of ∼s]

platitudinarian प्लैटि-ट्यूडि-नॅअ-रिअन *n* & *a* घिसी-पिटी बातें करने वाला, *a* पिष्टपेषणात्मक; निरर्थक, नीरस

platitudinize *vi* घिसी-पिटी बातें कहना, पिष्टपेषण करना

platitudinous प्लैटि-ट्यूडिनस *a* घिसी-पिटी बातों से भरा हुआ, पिष्टपेषणमय, नीरस [a ∼ remark]

Platonic प्ल-टॉनिक *a* 1 ग्रीक दार्शनिक अफ़्लातून (Plato d. 347 B.C.) का, अफ़्लातूनी, प्लेटवी, ∼ **love** (स्त्री का पुरुष अथवा पुरुष का स्त्री के प्रति) आध्यात्मिक प्रेम, कामवासनारहित प्रेम, 2 कथनमात्र या सिद्धान्तमात्र तक सीमित, अक्रियात्मक, अव्यावहारिक; निरापद

platoon प्लटून *n* 1 (लफ़्टिनेंट के अधीन) सैनिक टुकड़ी, पलटन, प्लाटून, 2 (मिलकर काम करने वाले लोगों का) दल

pltter प्लैटर *n* (U.S. or *archaic*) (प्राय: लकड़ी की) चपटी थाली या प्लेट; **on a** ∼ = **on** a plate (see plate^{1}, 1)

plaudit प्लॉडिट *n* (usu in *pl*) बार-बार तालियां बजाना, तालियों की गड़गड़ाहट, जोरदार अनुमोदन, वाहवाही

plausibility प्लॉज़-बिलिटि *n* देखने में ठीक लगना, संभाव्यता, जंचना

plausible प्लॉज़-बल *a* 1 (of argument, statement, etc) देखने में ठीक, जंचता हुआ, जिसे माना जा सके, संभवत: सत्य [a ~ explanation], 2 (of person) (प्राय: कपटपूर्वक) कायल करने वाला, अच्छी दलील पेश करने वाला; **plausibly** *adv* माना जा सकता है कि, लगता है कि, संभवत:

play^1 प्ले *vi & t* I *vi* 1 खेलना, कूदना, उछलना, उछलना-कूदना, क्रीड़ा करना, केलि करना, कुलेल करना, फुदकना [to ~ **around, about,** etc], 2 आमोद-प्रमोद करना, मनोविनोद करना, to ~ **about** or **around with** sth; **to ~ with** sth खेलवाड़ करना, **to ~ with fire** आग से खेलना; *fig* ख़तरनाक मामले में लापरवाही बरतना, अपने को ख़तरे में डालना, **3** (of fountain) चलना, छूटना, **4** (of part of mechanism) काम करना, चलना; **5 to ~ safe** सावधानी बरतना, **II** *vt* **1** खेलना [to ~ hockey, cricket, etc, to ~ a match], **2 to play the game** नियमानुसार खेल खेलना, *fig* मर्यादा का पालन करना, **3 to ~ a (big, small) part** (in sth) (बड़ा या थोड़ा) पार्ट अदा करना, (बहुत या थोड़ा) योगदान देना, **to play the fool** विदूषक का काम करना, (also see IV, 2), **to ~ it cool** (*colloq*) स्थिति से धैर्यपूर्वक या बिना घबराये निपटना; to ~ a joke *or* trick on **s.o.**; to ~ **s.o.** a joke *or* trick (i) किसी के साथ मज़ाक करना, (ii) किसी के साथ चालाकी या धोखा करना, 4 to ~ a card ताश का पत्ता चलना, (*fig*) **to ~ one's cards well** अवसर का सदुपयोग करना, अवसर से लाभ उठाना, 5 to ~ a good knife and fork जी भर कर खाना, खूब खाना, छक कर खाना; **to ~ the market** शेयरों आदि का सट्टा करना; **III** *vt & i* **1** to play (on) the piano, flute, etc प्यानो, बांसुरी आदि बजाना; the band is ~ing बैंड बज रहा है; **2** (ग्रामोफ़ोन, टेपरिकार्डर आदि) बजाना, **to ~ back** (रिकार्ड किया हुआ) गाना आदि सुनना, **~-back** *n* अनुश्रवण, प्रतिश्रवण, **~-back singer** पार्श्वगायक; **3** to ~ sth **down** (जान-बूझकर) कम कर के बताना [They ~ed down the damage done by bombing]; to ~ sth **up** बढ़ा-चढ़ा कर बताना, अत्यधिक महत्त्व देना, to ~ water **on** the fire, **on** the burning house आग, जलते मकान पर, पानी फेंकना या डालना; *abs* [The fire-engine ~ed on the burning house], **4** to ~ **guns on** the fort किले पर तोपों से गोले बरसाना [the guns ~ed **on** the fort], **5** to ~ light **on** sth रोशनी डालना; light ~s **on** sth रोशनी पड़ती है; **IV** *other idioms*: **1 to ~ a double game** ज़ाहिरा कुछ और असल में कुछ और काम करना, दुरंगी चाल चलना; **2 to ~ the fool** बेवकूफ़ बनना, बुद्धू बनना; to ~ the man पुरुष की तरह आचरण करना; वीरतापूर्वक आचरण करना, **3 to ~ s.o. false** किसी से धोखा करना; to ~ **fast and loose with s.o.** किसी से किया हुआ वायदा पूरा न करना, **4 to ~ into the hands** of s.o. नासमझी से ऐसा काम करना जिससे दूसरे (वि० प्रतिपक्षी) को लाभ हो [Let's not ~ into the hands of the enemy]; **5 to ~ off s.o. against s.o.** किसी को किसी से लड़ाना या भिड़ाना, **6 to ~ on the credulity, fears, etc.** of s.o. किसी के भोलेपन, आशङ्काओं आदि से अनुचित लाभ उठाना; किसी को भोला या आशङ्कित जान कर ठग लेना; **7 to ~ on words** द्वयर्थक या अनेकार्थक शब्दों का प्रयोग करना, श्लिष्ट शब्दों का प्रयोग करना, **8 to be ~ed out** थक कर चूर हो जाना, शिथिल या निढाल होना [Our horses are ~ed out]; बेकार हो जाना, उपयोगी न रहना [Free trade is ~ed out], **9** to ~ **up** (i) पूरी कोशिश करना, जान लड़ा देना, (ii) ज़ोर देना

play^2 *n* **1** खेल, खेल-कूद, क्रीड़ा, केलि; **child's** ~ सरल कार्य; **2** आमोद-प्रमोद, मनोविनोद, मज़ाक, हँसी, दिल्लगी [to say sth **in** ~], **3** नाटक, खेल, **4** सक्रियता; **to come into** ~ सक्रिय होना, प्रयुक्त होना, काम में आना; **to bring, call, sth into** ~ सक्रिय कर देना, काम लेना, काम में लाना, बरतना, प्रयोग करना, प्रयोग में लाना, उपयोग करना; **are in full** ~ पूरी तरह सक्रिय हैं, पूरी तरह काम कर रहे हैं, चालू हैं, ~ of fancy कल्पना की उड़ान; to give full ~ to one's imagination कल्पना को स्वैर-विहार करने देना; **5** चाल, चलने या हिलने-डोलने या सरकने या फिरने के लिए स्थान या गुंजाइश [Bolts should have half an inch of ~], **6** (*crick, football*) The ball **is in** ~ गेंद बरती जा रही है; **is out of** ~ नहीं बरती जा रही, हटा ली गई है; **7** जूआ, द्यूत, **8 ~ on words** शब्दश्लेष, **9** (*comb*) **~ground** खेल का मैदान; **~house** रंगशाला, थियेटर; **~mate** साथ खेलने वाला, साथी, **~thing** खिलौना, *fig* व्यक्ति आदि जिससे खेलवाड़ या दिल्लगी की जाये; खिलौना; **~wright** नाटककार

player प्लेअर *n* **1** खिलाड़ी, **2** बाजा बजाने वाला, वादक, **3** अभिनेता; **4** = record-player

playful *a* **1** उछल-कूद करने वाला, क्रीड़ाप्रिय, चुलबुला, चंचल, **2** मज़ाकिया, विनोदप्रिय

playing प्ले-इङ्ग *n* **~-cards** ताश, **~-field** खेल का मैदान

plaza प्लाज़: *n* नगर के बीच का बड़ा मैदान, चौक

plea प्ली *n* **1** दलील, तर्क, युक्ति, (क्षमा किये

जाने का) कारण या हेतु, 2 *law* सफ़ाई, अभिवचन, अभिवाक्, **special plea** सफ़ाई जिसमें कोई नई बात कही गई हो; ~ **of not guilty** अपराध-अस्वीकरण; 3 प्रार्थना, अभ्यर्थना [to make a ~ for mercy]

plead प्लीड *vi* & *t* 1 वकालत करना, 2 **to ~ guilty** अपराध स्वीकार करना, जुर्म मान लेना; **to ~ not guilty** अपराध स्वीकार न करना, 3 **to ~ with** s.o. **for** sth किसी बात के लिए किसी से प्रार्थना या अभ्यर्थना या अपील करना; 4 *vt* सफ़ाई में कहना, दलील देना, तर्क उपस्थित करना, **to ~ a cause** मुकदमे की पैरवी करना, मुकदमा लड़ना, 5 (क्षमा किये जाने का) कारण बताना, हेतु प्रस्तुत करना, कहना [I can only ~ ignorance, inexperience, a previous engagement]

pleader प्लीडर *n* वकील, अभिवक्ता, प्लीडर

pleading *n* 1 (प्राय: लिखित) सफ़ाई, अभिवचन, 2 वकालत (का पेशा), 3 प्रार्थना, अभ्यर्थना

pleasance प्लें'जन्स *n* 1 *arch* आमोद-प्रमोद; 2 (कोठी या महल से संलग्न) विहार-भूमि, प्रमोदवन, क्रीड़ावन

pleasant प्लें'ज़न्ट *a* 1 सुखद, आनन्ददायक, मज़ेदार, अच्छा (लगने वाला), मधुर, मंजुल, 2 (of scene) रम्य, रमणीय, मनोहर, मनोरम, सुहावना, (of taste) रुचिकर, स्वादु, मज़ेदार, (of sound) मधुर, श्रुतिमधुर, 3 (of person) अच्छे स्वभाव का, खुशमिज़ाज, सहृदय, हँसमुख, मिलनसार; **~ness** *n* 1 (of place, scene) रम्यता, रमणीयता, सुहावनापन, 2 (of person) सहृदयता, ख़ुशमिज़ाजी

pleasantry प्लें'ज़न्ट्रि *n* 1 मज़ाकियापन, मसखरापन, विनोदप्रियता. 2 मज़ाकिया बात, हास्योक्ति, हंसी-मज़ाक, दिल्लगी, ठिठोली

please प्लीज़ *vt* & *i* 1 प्रसन्न करना, ख़ुश करना, I am ~ed to see you आप से मिल कर खुशी हुई, 2 सन्तुष्ट करना, मनाना, रिझाना, 3 सुख देना, आनन्द देना, सुखद होना, अच्छा लगना [landscape that ~s the eye; music that ~s the ear], 4 *vi* पंसद करना, चाहना [Take as many as you ~]; Do as you ~ जैसा चाहो करो, **5 if you please** (*a polite form of request*) आप की इजाज़त से; अगर आप बुरा न मानें तो [I'll take another cup, if you ~]; **~d** *a* खुश, प्रसन्न, प्रमुदित, सन्तुष्ट

pleasurable प्लें'श्ज़-र-बल *a* सुखद, सुखावह, आनन्ददायक, मज़ेदार

pleasure प्लें'श्ज़र *n* 1 खुशी, प्रसन्नता, सुख, आनन्द, मज़ा [It is a ~ to talk to him]; **to take, find, (a) ~ in doing sth** कोई काम करना, अच्छा लगना, 2 सुखभोग, भोग-विलास, ऐश, ऐयाशी [a life given up to ~], 3 खुशी, इच्छा, मर्ज़ी, **at ~** अपनी इच्छा या मर्ज़ी से [The date can be changed at ~], **with ~** खुशी से, अवश्य; 4 (*comb*) **~-boat** सैर (न कि भाड़े) के लिए नाव, विहार-नौका, **~-ground** विहारभूमि, प्रमोदवन, **~-resort** मनोरंजन-स्थल, विहार-स्थल, सैरगाह

pleat प्लीट *n* & *vt* (कपड़े की) तह, सिलवट, चुनन; *vt* चुनन डालना

plebeian प्लि-बीअन *n* & *a* (प्रचीन रोम का) साधारण व्यक्ति, आम आदमी, जनता (cf. patrician), *a* 1 आम लोगों का, जन-साधारण का, 2 अशिष्ट, गँवार, नीच, ओछा

plebiscite प्लें'बि-सिट, -साइट *n* 1 किसी महत्त्वपूर्ण प्रश्न पर देश या राज्य के सभी मतदाताओं का मत, जनमत, जनमतसंग्रह, 2 सार्वजनिक सभाओं में जनमत की अभिव्यक्ति (जिसे मानना आवश्यक हो या न हो)

plectrum प्लें'क्ट्रम *n* सितार आदि बजाने का उपकरण, मिज़राब, नखी

pledge^{1} प्लें'ज *n* 1 ज़मानत के तौर पर रखी हुई चीज़, ज़मानत, प्रतिभू, 2 गिरवी, रेहन, बन्धक; **to put sth in ~** कोई चीज़ गिरवी रखना; **to take sth out of ~** गिरवी रखी चीज़ छुड़ाना; 3 वचन, वायदा, प्रतिज्ञा, प्रण [I am under a ~ of secrecy], **4 to take, sign, the ~** शराब न पीने की प्रतिज्ञा करना

pledge^{2} *vt* 1 ज़मानत के तौर पर रखना, ज़मानत देना, गिरवी या रेहन या बंधक रखना, 2 वचन देना, वायदा करना, प्रतिज्ञा या प्रण करना [to ~ one's word *or* honour]; **pledgee** प्लें'जी *n* व्यक्ति जिसके पास कोई चीज़ गिरवी रखी जाए, गिरवीदार, गिरवीग्राही, बंधकग्राही ; **pledger** प्लें'जर *n* गिरवीकर्ता, बन्धककर्ता

pledget प्लें'जिट *n* रुई या कपड़े आदि का छोटा टुकड़ा, फाया, फाहा

Pleiad प्लाइअड *n* (*pl* ~es; ~s) 1 in *pl* छ:-सात तारों का पुंज-विशेष, कृत्तिका, 2 *fig* (in *sing*) (प्राय: सात) चोटी के विद्वानों आदि की मण्डली (cf. galaxy); (सात) उत्कृष्ट पदार्थों का समूह

pleistocene प्लाइस्ट-सीन *a* & *n* (*geol*) अत्यन्त नूतन या अभिनूतन (युग)

plenary प्लीनरि *a* पूर्ण, समग्र, अखिल, सारे का सारा, ~ power पूर्णाधिकार, (of assembly) जिसमें सब सदस्य भाग ले सकें; ~ conference पूर्ण सम्मेलन; ~ **session** पूर्ण अधिवेशन, खुला अधिवेशन

plenipotentiary प्लें'निप-टें'न्शरि *a* & *n* 1 पूर्णाधिकार-प्राप्त (व्यक्ति, वि० राजदूत), 2 (of power) पूर्ण

plenitude प्लें'निट्यूड *n* 1 पूर्णता, समग्रता, 2 प्रचुरता, बहुतायत, भरमार

plenteous प्लें'न्टिअस *a* (*rhet*) = plentiful

plentiful *a* बहुत, भरपूर, प्रचुर, विपुल, पुष्कल; **~ness** *n* बहुतायत, प्रचुरता, बहुलता, भरमार

plenty प्ले'न्टि *n* & *adv* 1 बहुतायत, प्रचुरता, बहुलता; There is ~ of time, money, etc बहुत समय है, बहुत धन है [There are ~ of apples, eggs, etc]; in ~ [Here is cake in ~], 2 **horn of ~** अपार धन-धान्य; *adv* (*colloq*) बड़ी मात्रा में, बहुत, ~ big enough बहुत बड़ा

plenum प्लीनम *n* 1 भूतद्रव्य से ठसाठस भरा स्थान, 2 पूर्ण अधिवेशन, पूर्ण सभा

pleonasm प्लीअ-नैज़म *n* (*gram*) आवश्यकता से अधिक शब्दों का प्रयोग, अनावश्यक या फ़ालतू शब्द, शब्दाधिक्य [*e.g.* a *false* lie, a *true* fact]; **pleonastic** प्लीअ-नैस्टिक *n* अनावश्यक शब्दप्रयोग का, अधिकपदीय

plesiosaurus प्लीसिअ-सॉरस *n* रेंगने वाला समुद्री जन्तु (जो लुप्त हो चुका है)

plethora प्ले'थरः *n* 1 रुग्ण अवस्था जिसमें खून में लाल कणिकाएं बहुत अधिक हो जाती हैं, रक्तोद्रेक, 2 *fig* (प्रायः कष्टप्रद) बाहुल्य, भरमार, ढेर; **plethoric** प्लि-थॉ'रिक *a* रक्तोद्रेक का, रक्तोद्रेकमय

pleura प्लुअरः *n* छाती के भीतर लगी थैली-जैसी झिल्ली जिसमें फेफड़े लिपटे रहते हैं, फुप्फुसावरण, प्लूरा; **~l** प्लुअरल *a* फुप्फुसावरण का, फुप्फुसावरणी

pleurisy प्लुअ-रिसि *n* फुप्फुसावरण-शोथ (जो प्रायः ठंड लगने से होता है), फेफड़े की झिल्ली की सूजन, प्लूरिसि; **pleuritic** प्लुअ-रिटिक *a* प्लूरिसि का, प्लूरिसि से पीड़ित, **pleuro-pneumonia** *n* प्लूरिसि-सहित निमोनिया

plexiform प्ले'क्सि-फ़ार्म *a* (f. foll) जाल-जैसा, जालरूप, जालकरूप

plexus प्ले'क्सस *n* 1 *anat* प्राणी-शरीर में तन्तुओं या शिराओं का जाल, तन्तुजाल, नाड़ी-जाल, जालक, जालिका, 2 जाल, जटिलता

pliability *n* 1 लचक, लचीलापन, आनम्यता, 2 *fig* वश्यता, नम्रता, नरमी

pliable प्लाइअबल *a* =pliant

pliant प्लाइअन्ट *a* 1 झुकने वाला, लचकदार, लचीला, आनम्य, 2 मान जाने वाला, दब या झुक जाने वाला, नम्र, वश्य, वशवर्ती, विनेय

pliers प्लाइअर्ज़ *n pl* तार आदि मोड़ने का उपकरण, जम्बूर प्लास

plight प्लाइट *n* दशा, अवस्था, हालत, हाल (esp. sorry, hopeless, etc ~ दुर्दशा, दुर्गति, बुरा हाल)

Plimsoll प्लिम्सल *n* 1 in *pl* रबड़ के तल्ले का, किरमिच का जूता; 2 **~ line, ~ mark** जहाज के पहलू पर अंकित रेखा जो सूचित करती है कि जहाज कहां तक पानी में डूबना चाहिए; वैध निमज्जन-रेखा

plinth प्लिन्थ *n* 1 खंभे का सबसे निचला वर्गाकार भाग, खंभे की कुर्सी, 2 धरती के ऊपर दीवार का बाहर को निकला हुआ भाग, कुर्सी, चौकी

pliocene प्लाइअ-सीन *n* & *a* (*geol*) अतिनूतन युग, *a* अतिनूतन युग का, अतिनूतनयुगीन

plod प्लॉ'ड *vi* (-dd-) & *n* 1 जोर लगा कर धीरे-धीरे चलना, यत्नपूर्वक धीरे-धीरे बढ़ना [to ~ along, on], 2 गुलामों की तरह काम करते रहना, जुता रहना, पिसना [to ~ at sth], बड़े परिश्रम से कुछ प्रगति कर पाना; *n* थका देने वाला परिश्रम, घोर या कठिन परिश्रम, थका देने वाला भ्रमण; **~der** *n* 1 काम में जुता रहने वाला, जुट कर काम करने वाला, 2 कोल्हू का बैल, अध्यवसायी

plodding *n* & *a* कठिन परिश्रम (करने वाला)

plop प्लॉ'प *n* & *vi* (-pp-) छींटे उड़ाये बिना किसी चीज़ के पानी में गिरने की आवाज़, गड़प, *vt* & *i* (वस्तु को) पानी में एकाएक गिराना, वस्तु का गिरना, गड़प होना

plosion प्लोश्ज़न *n* (*phonet*) k, t, p, आदि के उच्चारण में एकाएक सांस छोड़ना, स्फोट(न); **plosive** *a* & *n* स्पर्श (व्यंजन)

plot^1 प्लॉ'ट *n* 1 जमीन का टुकड़ा [a building ~]; खेती की जमीन का टुकड़ा, गाटा; 2 (नाटक, उपन्यास आदि का) कथानक, कथावस्तु, 3 षड्यन्त्र, साज़िश, जाल [to hatch a ~]

plot^2 *vt* (-tt-) 1 नक्शा बनाना, ख़ाका बनाना या खींचना; (नक्शे आदि पर बिन्दु) अंकित करना [to ~ a point]; (ऐसे बिन्दुओं को मिलाकर वक्र आदि) बनाना [to ~ a curve], 2 षड्यन्त्र रचना या करना, साज़िश करना, जाल रचना [to ~ s.o.'s ruin; *abs.* to ~ against s.o.]; **~ter** *n* 1 नक्शा बनाने वाला; 2 षड्यन्त्रकारी

plough^1 प्लाउ *n* 1 हल; **to put one's hand to the ~** काम शुरू करना, 2 जोती हुई जमीन, 3 (*astron*) **the Plough** सप्तर्षि, 4 (*comb*) **~-boy** दूसरे के यहां हल जोतने का काम करने वाला, हलवाहा, **~man** हल चलाने वाला, किसान, कृषक; **~share** फ़ाल, कुसी, **~-tail** हल का पिछला हिस्सा, *fig* खेती का काम, to be at the ~-tail हल चलाना, खेती (का काम) करना

plough^2 *vt* 1 (जमीन में) हल चलाना, (जमीन) जोतना; **to ~ the sand(s)** व्यर्थ प्रयत्न करना, बेकार कोशिश करना; **to ~ back** (grass etc) धरती को उर्वर बनाने के लिए घास आदि पर हल चला कर उसे खेती की मिट्टी में मिलाना; (*fig*) to ~ back the profit लाभ को फिर व्यापार में लगा देना, 2 (of ship) पानी को चीरता जाना [to ~ the sea], 3 (माथे पर) झुर्रियां डालना, 4 *sl* विद्यार्थी को फ़ेल कर देना, **to be ~ed** (in the examination) फ़ेल हो जाना, रह जाना; 5 **to ~ up, down, out** (खर-पतवार आदि)

उखाड़ देना; to ~ **through** mud, snow, book, etc ज़ोर लगा कर (कीचड़, बर्फ़ में) आगे बढ़ना; बड़ी मेहनत से (पुस्तक) पढ़ना

plover प्लवर *n* टिटिहरी (आदि जलचर पक्षी)

ploy प्लॉइ *n* (Sc) 1 काम, काम-धंधा, पेशा, अभियान, 2 *colloq* (प्रतिपक्षी को हराने आदि की) चाल [That was a propaganda ~]

pluck¹ प्लक *n* 1 नोच, झटका [to give a ~ at sth], 2 *arch* (परीक्षा में) असफलता, 3 साहस, हिम्मत, दिलेरी [He has plenty of ~]; **~less** *a* साहसहीन, कायर, डरपोक

pluck² *vt* 1 (फल, फूल) तोड़ना, चुनना, 2 (पंख, बाल) उखाड़ना, नोचना, 3 झटका देना, खींचना, घसीटना, छीनना, 4 (पक्षी, मुर्ग़े आदि के) पंख नोचना या उखाड़ना [to ~ a fowl], to have a crow to pluck (see crow *n*, 2), 5 *arch* (परीक्षा में) फेल कर देना; to be ~ed फ़ेल होना, 6 **to ~ up one's heart, spirits, courage** साहस बटोरना, हिम्मत बांधना

plucky प्लकि *a* साहसी, हिम्मती, दिलेर

plug¹ प्लग *n* 1 नाली का मुंह या छिद्र आदि बन्द करने की चीज़, डाट, डट्टा, काग, ढेंढी, ढेंपी, गट्टा, 2 तंबाकू की बटिया; 3 *electr* धातु के दो या तीन कीलों का उपकरण जिसे साकेट के छिद्रों में लगाते हैं, प्लग (see foll 4)

plug² *vt* (-gg-) 1 डाट लगाना, काग लगाना, डाट से छिद्र, मुंह आदि बन्द करना [to ~ up a hole, opening, etc], 2 *sl* (i) किसी को गोली मारना, (ii) मुक्का मारना; 3 लोकप्रिय बनाने के लिए बहुत बार दोहराना या चर्चा करना [to ~ a song, theory, policy, etc], **4 to ~ (sth) in** प्लग लगाकर बिजली का कनेक्शन जोड़ना, प्लग लगाना [Plug in the radio set]; *fig* बातचीत आदि में अन्य विषय घुसेड़ना, 5 *vi* (*colloq*) **to ~ away** (at work etc) काम में जुता रहना; जारी रहना [They kept the war ~ging away]

plum प्लम *n* 1 आलूचा, आलूबुख़ारा (पेड़ और फल), 2 किशमिश, 3 चुनी हुई चीज़, बढ़िया चीज़, समुदाय की सर्वोत्कृष्ट वस्तु; **the ~s** (*colloq*) अच्छे-अच्छे पद, अच्छी-अच्छी नौकरियां, 4 **~-cake** किशमिशयुक्त केक

plumage प्लूमिज *n* (पक्षी के सारे) पंख, पंख-समूह, पक्षकलाप, पक्षति

plumb¹ प्लम *n* 1 सीसे का गोला (वि० वह जो साहुल की डोरी से बंधा रहता है), 2 साहुल, **out of ~** जो (ऊंचाई में) सीधा न हो, जो लंब से हट कर हो, टेढ़ा, 3 समुद्र की थाह लेने के लिए सीसे का डला, पनसाल, 4 (*comb*) **~-line** साहुल की डोरी, साहुल-सूत्र; **~-rule** साहुल-पट्टी

plumb² *vt & i* 1 (समुद्र की) गहराई नापना, थाह लेना, 2 (किसी की योग्यता, हिम्मत आदि की) थाह लेना, 3 नलसाज़ का काम करना, नल लगाना

plumb³ *a & adv* ऊंचाई में सीधा, खड़ा, लम्ब, *fig* बिल्कुल, सरासर, एकदम [~ nonsense], *adv* लम्बवत्, सीधा, सीधे, *fig* बिल्कुल ठीक, ऐन [~ the centre]; (U.S. *sl*) निरा, सरासर, बिल्कुल [~ crazy]

plumbago प्लम्-बेगो *n* कार्बन या कोयले की एक किस्म (जो पेन्सिल बनाने के काम आता है तथा जिसे चिकनी मिट्टी में मिलाकर कुठाली बनाते हैं), पेन्सिल का सुरमा

plumbeous प्लम्बिअस *a* सीसे का, सीसे-जैसा

plumber प्लमर *n* नल और पानी की टंकी लगाने तथा मरम्मत करने वाला, नलसाज, नलकार; **~y** *n* नलकारी, नलसाज़ी

plumbic प्लम्बिक *a* (*chem*) जिसमें सीसा मिला हुआ हो, सीसयुक्त, सीसकयुक्त

plumbing प्लमिङ्ग *n* 1 नलकारी, नलसाज़ी; 2 बहुत से नल, नलतन्त्र

plume¹ प्लूम *n* 1 पंख (वि० लंबा पंख जो टोपी, पगड़ी आदि में लगाया जाता है), **borrowed ~s** मांगे की वस्तु जिसे अपनी बता कर शान से प्रदर्शित किया जाए, 2 कलगी

plume² *vt* 1 पंखों से सजाना, पंख लगाना, कलगी लगाना, 2 to ~ oneself (मांगे के वस्त्राभूषणों से) शृंगार करना, 3 **to ~ oneself on sth** किसी (मामूली सी) चीज़ पर गर्व करना, इतराना, 4 (of bird) to ~ itself पंख संवारना

plummet प्लमिट *n & vi* (-tt-) 1 (साहुल की डोरी से बंधा) सीसे का गोला, 2 साहुल, 3 पनसाल, 4 मछली पकड़ने की डोरी से बंधा पत्थर आदि, 5 *fig* (मन पर) भार या बोझ; *vi* तेज़ी से गिरना [Share prices have ~ted]

plumose प्लूमोस *a* 1 पंखों वाला, परदार, 2 पंख-जैसा, पक्षाकार

plump¹ प्लम्प *a & vt & i* (esp. of person or parts of body) मांसल, मोटा-ताज़ा, हृष्ट-पुष्ट; *vt & i* मोटा-ताज़ा करना य होना; फुला देना, फूल जाना; **~ness** मोटापन, मोटापा, स्थूलता, पीवरता; फुलाव

plump² *vi & t & n* 1 एकाएक गिरना, गिर पड़ना, *vt* सहसा गिराना, फेंकना, पटकना [He ~ed himself down in the chair; ~ed down the bag upon the floor], **2 to ~ for** a candidate सारे वोट एक ही उम्मीदवार को देना (जब कि मतदाता दो उम्मीदवारों को वोट दे सकता हो), **to ~ for** (*fig*) किसी एक विकल्प का सर्वात्मना या जी-जान से समर्थन करना या पक्ष लेना; *n* एकाएक गिरना, गिरने की अवाज़, धड़ाम

plump³ *adv & a* 1 धड़ाम से, 2 साफ़, बेझिझक हो कर [I told him ~ that...]; *a* दो टूक, साफ़ [to answer with a ~ 'No']

plumper प्लम्पर *n* दो के बजाय एक ही उम्मीदवार को सारे वोट देने वाला व्यक्ति

plumpy प्लम्पि *a* (f. plump^1) मोटा-ताज़ा, हृष्ट-पुष्ट, मांसल

plumy प्लूमि *a* पंख-जैसा, पंखयुक्त, परदार, पंखों से सजा हुआ

plunder प्लन्डर *vt* & *n* 1 लूटना; लूट-मार या लूट-पाट करना; 2 (माल) चुराना या उड़ा लेना, ग़बन करना; *n* 1 लूट, लूट-मार, लूट-पाट, अपहरण, ग़बन, 2 लूट का माल, बेईमानी या ग़बन से प्राप्त धन, 3 (*sl*) नफ़ा, मुनाफ़ा; ~**age** *n* 1 लूट, लूट-पाट, वि० जहाज़ में लदे माल की चोरी, 2 चोरी का माल; ~**er** *n* लुटेरा

plunge^1 प्लन्ज *vt* & *i* 1 (पानी आदि में) डालना, डुबोना, बोरना, (छिद्र में) घुसेड़ना [to ~ sth into water, into a hole], 2 *fig* व्यक्ति को एकाएक कठिनाई में फँसाना, काम में डालना, ढकेलना [to ~ s.o. into a difficulty, into action, etc], The room was ~**ed** in darkness कमरे में एकाएक अन्धेरा हो गया; 3 *vi* (पानी में) कूदना, कूद पड़ना, छलांग मारना या लगाना, डुबकी या ग़ोता लगाना; 4 (जंगल, कमरे आदि में) घुस पड़ना, 5 *fig* (काम, बहस आदि में) कूद पड़ना, 6 (*of horse*) to ~ forward सरपट दौड़ना, 7 (of ship) अग्रभाग पानी में डूबना (cf roll), 8 *sl* बहुत जूआ खेलना, कर्ज़दार हो जाना, ~**er** *n* ग़ोताख़ोर, *sl* जुआरी

plunge^2 *n* डुबकी, ग़ोता, छलांग, *fig* दृढ़संकल्पपूर्वक उठाया गया कदम (जिसमें हानि या संकट की संभावना हो), निश्चयात्मक कदम, **to take the** ~ निश्चयात्मक कदम उठाना, (ख़तरनाक काम में) कूद पड़ना

plunger प्लन्जर *n* 1 *mech* निमज्जक, 2 बेधड़क जुआरी, (दांव पर सर्वस्व लगा देने वाला) सट्टेबाज़

plunk प्लङ्क *vt* & *i* & *n* धड़ाम से फेंकना या गिरना; *n* वीणा आदि के तारों को छेड़ने से निकलने वाली तीव्र ध्वनि, झंकार

pluperfect प्लू-पर्फ़िक्ट *a* & *n* (*gram*) पूर्णभूत (काल) [*It expresses action completed prior to some past point of time*, e.g., he *had finished* it when I came]

plural प्लुअ-रल *n* & *a* (*gram*) बहुवचन; *a* एकाधिक, अनेक, बहु, बहुल, बहुत; ~ **society** समाज जिसमें एक से अधिक जातियों के लोग हों, बहुजातीय या बहुविध समाज, **plural vote** एक व्यक्ति को एकाधिक चुनाव-क्षेत्रों में वोट देने का अधिकार, बहुल मताधिकार, बहुल मत; ~ voting बहुल मतदान, ~ voter बहुल मतदाता

pluralism प्लुअ-र-लिज़म *n* 1 एक साथ एक से अधिक पदों पर काम करना, अनेकवृत्तित्व, 2 *philos* यह सिद्धान्त कि विश्व के मूल तत्त्व एक से अधिक हैं, बहुतत्त्ववाद, बहुलवाद (cf. dualism, monism); 3 ऐसे समाज का रूप जिसमें अल्पसंख्यक वर्ग अपने रीति-रिवाज जीवित रखते हैं, बहुविधसमाज-व्यवस्था, बहुविधता; **pluralist** *n* बहुतत्त्ववादी; बहुवादी

plurality प्लुअ-रैलिटि *n* 1 एकाधिकता, अनेकता, बहुत्व, बहुसंख्यकता, बहुलता, 2 बड़ी संख्या, समूह, समुदाय, 3 एकाधिक पदों पर काम करना, 4 ~ **of votes** आधे से अधिक वोट, बहुमत

pluralize प्लुअ-र-लाइज़ *vt* & *i* 1 बहुवचन का प्रयोग करना, 2 *vi* एकाधिक पदों पर काम करना

plus प्लस *prep*, *a* & *n* जमा, बढ़ा कर, मिला कर, और, 3+4 तीन जमा चार; **the 10+2 course** उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम; courage plus sense साहस और बुद्धि, *a* अधिक, अतिरिक्त; on the ~ side of the account जमा खाते में, *math*, *electr* धन, धनात्मक, *n* 1 जमा का चिन्ह (+); धन-राशि, धनसंख्या, 2 **plus-fours** (गोल्फ़ के खिलाड़ियों की) लंबी और चौड़ी बिरजिस

plush प्लश *n* मख़मल से लंबे और अधिक नरम रोएं वाला कपड़ा, प्लश

plutarchy प्लूटॉर्कि *n*=plutocracy

Pluto प्लूटो *n* 1 सूर्य से दूरतम स्थित ग्रह, प्लूटो; 2 *Gk myth* पाताल का शासक, यमराज

plutocracy प्लू-टॉक्रसि *n* 1 अमीर लोगों का शासन, धनिक-तन्त्र, कुबेर-तन्त्र, 2 शासनकर्त्ता, धनिक वर्ग; **plutocrat** प्लूटक्रैट *n* धनी शासक-वर्ग का व्यक्ति

plutolatry प्लू-टॉल-ट्रि *n* धन की पूजा, लक्ष्मीपूजा

Plutonic प्लू-टॉनिक *a* 1 (पाताल के शासक) प्लूटो का, यमलोक का, 2 *geol* ज्वालामुखी की क्रिया से बनने वाला (plutonic rocks)

plutonium प्लू-टोनिअम *n* यूरेनियम से तैयार होने वाला विकिरणशील तत्त्व (जो परमाणुभट्टी में ईंधन के रूप में तथा परमाणु-बम बनाने में काम आता है)

pluvial प्लूवियल *a* 1 वर्षा का, बरसात का, बरसाती, 2 *geol* वर्षा से होने या बनने वाला, वर्षाजनित, वृष्टीय; **pluviometer** *n* वर्षामापक यन्त्र, वर्षामापी (= rain-gauge)

ply^1 प्लाइ *n* 1 (कपड़े, लकड़ी आदि की) तह, परत, स्तर; रस्सी का एक तार, लड़; four, five, -ply चार, पांच, पर्तों वाला; five-~ wood पांचपरती लकड़ी, three-~ wool तीन तार वाला ऊन, 2 *fig* स्वभाव, प्रवृत्ति, रुझान, झुकाव, मोड़, 3 (*comb*) **ply(wood)** लकड़ी की पतली परतों को सरेश से जोड़ कर बनाया गया तख़्ता या फट्टा, परती लकड़ी

ply^2 *vt* & *i* 1 (औज़ार, उपकरण का) प्रयोग करना, बरतना, घुमाना, चलाना; to ~ the oars चप्पू चलाना, to ~ the spinning wheel चरख़ा चलाना, 2 to ~ a trade काम या धंधा या व्यवसाय करना, 3 to ~ s.o. **with questions, argu-**

ments, etc प्रश्नों, दलीलों आदि से परेशान करना, 4 *vi* (of bus, boat, etc) to ply **between . . .** (दो स्थानों के बीच) आना-जाना, चलना

pneumatic न्यू-मॅटिक *a* 1 हवा का, हवा भरा हुआ [~ tyre]; हवा से चलने या काम करने वाला, वायवीय, 2 ~ **trough** औंधे मर्तबान में गैस एकत्र करने के लिए उसके नीचे रखने की कठौती या द्रोणिका, गैस-द्रोणिका, 3 *arch* आत्मा से संबंधित, आत्मिक, आध्यात्मिक

pneumonia न्यू-मोनिअ *n* फुप्फुस-शोथ, फुप्फुस-दाह, निमोनिया; **single** ~ एक फेफड़े का शोथ, **double** ~ दोनों फेफड़ों का शोथ; **pneumonic** न्यू-मॉनिक *a* फुप्फुसशोथ का, निमोनिया का; **pneumonitis** *n* = pneumonia

poach^1 पोच *vt* (अण्डे को तोड़कर; मछली को) उबलते पानी में पकाना

poach^2 *vi* & *t* 1 (दूसरे की जगह, भूमि, वन आदि में) बिना आज्ञा घुस जाना, अनधिकार-प्रवेश करना [to ~ **on a** neighbour's land], **2 to ~ on s o.'s preserves** (*fig*) किसी के अधिकार-क्षेत्र में दखल देना, किसी के विशेषाधिकार का अतिक्रमण या उल्लंघन करना, 3 *vi* (दूसरे के इलाके से मछली, अण्डे आदि) चुराना, (शिकार) मारना [to ~ fish, eggs, game, etc], 4 *tennis* साथी के कोर्ट में आई गेंद को हिट मारना; ~**er** *n* 1 अनधिकार-प्रवेश करने वाला, 2 चुराने वाला, चोर

pochard पोचर्ड, पोकर्ड *n* यूरोपीय ग़ोताख़ोर पक्षी, एक प्रकार की मुर्ग़ाबी

pock पॉक *n* (चेचक आदि का) छाला; ~-**mark** चेचक का दाग़

pocket^1 पॉकिट *n* 1 जेब, खीसा; *fig* धन, रुपया-पैसा, आर्थिक साधन; empty ~ जिसका जेब ख़ाली हो, निर्धन व्यक्ति; **to be in ~** सौदे से (इतना) नफ़ा होना, **to be out of ~** (इतना) घाटा पड़ना, I was a few rupees out of ~ as a result of the transaction इस सौदे में कुछ रुपये मेरी जेब (या गांठ) से गये; 2 **out-of-~ expenses** अपनी जेब से खुद खर्च की हुई रकम, नक़द अदायगी का रुपया; 3 to have s.o. in one's ~ (i) कोई व्यक्ति घनिष्ठ मित्र होना, (ii) कोई व्यक्ति पूरी तरह अपने वश में होना, अपनी मुट्ठी में होना; **to put one's pride in one's ~** (काम निकालने के लिये) अपमानित या जलील करने वाली बात सह लेना; स्वाभिमान को ताक पर रखना; 4 थैला, थैली, झोला, 5 (बिलियर्ड की मेज़ के हर कोने पर लगी) थैली, (जिसमें गेंद जा गिरता है), 6 धरती के भीतर स्वर्ण आदि धातुओं से भरी विवर या खोह, 7 *mil* (युद्धक्षेत्र में छोटा-सा अलग-थलग) इलाका, (इस इलाके में) बचे-खुचे शत्रु [Our forces are now mopping up enemy ~s], 8 *attrib* इतना छोटा कि जेब में आ सके, लघु, जेबी, ~-**book** जेबी पुस्तक, गुटका, 9 ***comb***: ~ borough एक व्यक्ति या परिवार द्वारा शासित नगर; ~-**money** जेब-ख़र्च

pocket^2 *vt* 1 जेब में डालना या रखना, 2 अनुचित रूप से आत्मसात् करना, हड़प करना, उड़ा लेना, हथियाना [My partner ~ed all the profits], **3 to ~ an affront, injury,** etc अपमान या हानि सह लेना या गवारा कर लेना; to ~ one's anger गुस्सा पी जाना

pod^1 पॉड *n* बरमे का लट्टू

pod^2 *n* & *vi* & *t* (-dd-) 1 मटर आदि तरकारियों का बीज-कोष, फली, शिंबी, छीमी, 2 (रेशम के कीड़े का) कोया; 3 टिड्डी के अंडों का कोष; *vi* (मटर आदि की) फली आना, फली लगना; *vt* फली छीलना

podagra प-डैग्र: *n* (*med*) (वि० पैर की) गठिया, वातरोग

podded पॉडिड *a* 1 फलीदार, छीमीदार, 2 *fig* जिसका निर्वाह अच्छी तरह हो रहा हो, खाता-पीता

podginess *n* (f. foll) गोलमटोलपन

podgy पॉजि *a* नाटा और मोटा, गोलमटोल

podium पोडिअम *n* (*pl* -ia). 1 (मूर्ति, खंभे आदि की) लंबी चौकी, पादपीठ, 2 (गोलाकार प्रेक्षागृह में चारों ओर बना) चबूतरा, 3 कमरे में चारों ओर दीवार के साथ रखी एक ही लंबी बेंच

poe पोइ *n* = parson-bird (see parson)

poem पोइम *n* 1 छन्दोबद्ध रचना, पद्य, कविता, काव्य, 2 पद्य अथवा गद्य में उत्कृष्ट रचना, **prose poem** गद्यमय कविता

poesy पोइज़ि *n* (*arch*) 1 काव्यकला, काव्यरचना, कवित्व, शायरी, 2 काव्य, कविता

poet पोइट *n* कवि, गीतकार, शायर; **P~ Laureate** राजकवि, राष्ट्रकवि

poetaster पोइ·टैस्टर *n* तुच्छकवि, छोटा या मामूली कवि, तुकबंद, तुक्कड़

poetic(al) पो-ऍटिक(ल)*aa* 1 काव्य का, काव्यात्मक, काव्यमय, काव्य-रचना का [the poetic impulse]; 2 (usu. poetical) छन्दोबद्ध, पद्यात्मक; poetical works कविताएं, काव्य, काव्यकृतियां, 3 **poetic justice** (see justice), **poetic licence** (see licence)

poeticize पो·ऍटिसाइज़ *vt* (किसी विषय पर) कविता लिखना [to ~ a theme]; **poetize** पोइटाइज़ *vi* & *t* कवि बन बैठना; *vt* काव्यरूप देना; पर कविता लिखना

poetics पोऍ-टिक्स *n* काव्यशास्त्र

poetry पोइट्रि *n* कविता, काव्य, शायरी, कवित्व; पद्य, छन्द

poignancy पॉइनन्सि *n* (see foll) 1 तीखापन, चरपरापन, 2 (of sarcasm) तीक्ष्णता, कटुता, मार्मिकता

poignant पॉइनन्ट *a* 1 (of taste, smell) तीक्ष्ण, तीखा, तिक्त, चरपरा, तेज़, 2 (of sarcasm) चुभता हुआ, चुभने वाला, मर्मभेदी, मार्मिक, कटु, 3 (of thought, regret, etc) कष्टदायक, पीड़ादायक,

दुःखद, तड़पाने वाला, दारुण, घोर

point[1] पोॅइन्ट *n* I (*point in space or time*), 1 बिन्दु, बिन्दी, छोटा-सा धब्बा; *geom* बिन्दु [~ of intersection of two lines], 2 दशमलव (बिन्दु), two point five (2.5) दो दशमलव पांच; 3 जगह, स्थान, स्थल, बिन्दु, at all ~s सब जगह, सर्वत्र; **point of view** वह स्थान जहां से कोई देखे, दृष्टिस्थल, दृष्टिबिन्दु; *fig* दृष्टिकोण, विचार करने का ढंग; to consider sth from all ~s of view सब दृष्टिकोणों या पहलुओं से विचार करना; ~ **of contact** संपर्क-स्थल, संपर्क-बिन्दु; **point of no return** विमान की लंबी समुद्री उड़ान में वह स्थल जहां उसमें इतना तेल नहीं बचता कि वह प्रस्थान-स्थल को लौट सके और उसे आगे ही आगे जाना पड़े, अप्रत्यावर्तन स्थल, अनिवर्तन-स्थल, ना-वापसी सीमा, *fig* ऐसी (नई) स्थिति जहां से फिर पहली स्थिति में आना असंभव हो [His relations with his neighbours have reached the ~ of no return]; किसी कार्यवाही या अभियान में ऐसी स्थिति जहां उसे बीच में छोड़ना असंभव हो [The agitators have reached the ~ of no return]; **up to a** ~ (*fig*) कुछ हद तक (न कि पूर्णतया); 4 ~**s of the compass** कुतुबनुमा पर बने दिशाओं और अवान्तर दिशाओं के निशान, दिशाएं और अवान्तर दिशाएं, दिग्बिन्दु, दिशाबिन्दु; 5 (*in time*) क्षण, वेला, समय, ~ of departure प्रस्थान-समय, प्रस्थानकाल; **at the** ~ **of death** मरणासन्न; **to be on the** ~ **of doing sth** करने को (तैयार) होना, तुला हुआ होना; II (*point in argument, story, etc*) 1 बात, विषय, मामला, प्रश्न, प्रसंग; to differ, agree, on a ~ किसी बात पर या विषय में मतभेद होना अथवा सहमत होना; to maintain one's ~ अपनी बात पर अड़ा रहना; to carry one's ~ अपनी बात मनवा लेना, वाद-विवाद में प्रतिपक्ष को हराना; **to make a** ~ ज़ोरदार दलील या तर्क पेश करना; **to make a** ~ **of doing sth** कोई काम करना ज़रूरी समझना, काम करने का ख़ास ख़्याल रखना, विशेष ध्यान रखना, ख़ास तौर पर करना; 2 **the point** विचाराधीन विषय, महत्त्वपूर्ण प्रश्न, प्रसंग, असल बात, ख़ास बात, That is just the ~ बस यही बात है; **to come to the point** मतलब की बात पर आना; **off the** ~; **beside the** ~ विषय से असंबंधित, अप्रासंगिक; **in** ~ जिस बात की चर्चा हो रही हो उससे संबंधित, प्रासंगिक, उपयुक्त [Here is a case in ~]; **to the point** प्रसंगानुकूल, उचित, ठीक [He spoke to the ~], 3 (कहानी, मज़ाक आदि की) ख़ास बात, मज़ेदार बात, आशय, मतलब [You have missed the ~]; तीक्ष्णता, रोचकता, प्रभावोत्पादकता [His remarks lack ~]; 4 लाभ, फ़ायदा [There is no ~ in wasting time]; III (*pointed thing*) 1 हथियार आदि का सिरा, नोक, अनी [~ of the pin, needle, pen, etc], धार [~ of the blade], **not to put too fine a** ~ **on it** साफ़-साफ़ कहना, लगी-लिपटी न कहना, 2 *rail* कांटा (जिससे गाड़ी की लाइन बदली जाती है), प्वाइन्ट; IV (*games*) अंक, नंबर, to score so many ~s इतने अंक प्राप्त करना; (*box*) **to win on** ~s कुछ अंकों से जीतना; to give ~s to s.o. प्रतिपक्षी को कुछ अंक ले लेने देना, *fig* प्रतिपक्षी से कहीं अच्छा होना, V (*misc*) 1 दर्जा, अङ्क, कोटि **boiling-**~ क्वथनांक, **freezing-**~ जमाव-अंक; **Possession is nine** ~**s of the law** कब्ज़े से कब्ज़ेदार का हक साबित होता है, 2 (of dog) इशारा या संकेत (करने की क्रिया) [to make, come, to a ~], 3 ~ of honour आन की बात, मान का प्रश्न, इज्जत का सवाल, मान-मर्यादा की बात, ~ of interest रोचक या रुचिकर बात; 4 **point of order** नियम-संबंधी आपत्ति, औचित्य का प्रश्न; 5 **pointsman** कांटेवाला

point[2] *vt & i* 1 नोक बनाना, नुकीला बनाना [to ~ a pencil]; धार बनाना, तेज़ करना, पैना करना [to ~ a tool, weapon, etc], 2 (कथन, उक्ति को) प्रभावोत्पादक बनाना [~ing his remarks with apt illustrations]; **to** ~ **a moral** बताना कि (अमुक कथा से) यह शिक्षा मिलती है, शिक्षा या उपदेश देना, 3 to ~ a gun **at** तोप का मुंह अमुक दिशा में करना या मोड़ना, तोप तानना, 4 इशारा करना, उंगली के इशारे से बताना, **to** ~ **the way** रास्ता दिखाना, मार्ग बताना, 5 की ओर ध्यान दिलाना, 6 **to** ~ **out** बताना, दिखाना, प्रदर्शित करना [to ~ out a **mistake**, fact, etc]; 7 सीमेंट आदि के मसाले से दरार भरना, टीप या टीपकारी करना [to ~ a wall], 8 (*vi*) to point **at s.o.** किसी की तरफ़ इशारा या संकेत करना, 9 सूचित करना, बताना, इशारा करना, संकेत करना [This ~s to the fact that . . .]

point-blank पोॅइन्ट-ब्लैङ्क *a & adv*. ~ **shot** सीधा या बिल्कुल पास से निशाना; ~ **distance, range** उतनी दूरी जहां से लक्ष्य पर सीधा निशाना लग सके, बिल्कुल पास, अत्यन्त निकट; *adv* 1 सीधे, सीधे तान कर, सीधा निशाना करते हुए [to fire ~ **at s.o.**], 2 *fig* झट से, एकबारगी, छूटते ही [He asked me ~ if . . .], साफ़ [I refused ~]

pointed पोॅइन्टिड *a* 1 नोकदार, नुकीला, तीक्ष्ण, तेज़, पैना, 2 *fig* चुभता हुआ, मर्मभेदी, तीखा, कटु [~ reply]; ज़ोरदार, स्पष्ट, साफ़ [~ reference]; ~**ly** *adv* 1 कटुता से, व्यंग्य से; 2 स्पष्टतः, साफ़

pointer पोॅइन्टर *n* 1 (तराज़ू, घड़ी आदि की) सूई, 2 शिकार की गंध पा कर वहीं रुक कर उसकी

ओर मुंह से इशारा करने वाला कुत्ता, 3 ब्लैक-बोर्ड पर शब्द आदि दिखाने का डंडा, संकेतक; 4 *astron* (in *pl*) सप्तर्षि के वे दो तारे जिन्हें मिलाने वाली रेखा बढ़ाने पर ध्रुव तारे की ओर संकेत करती है, 5 *colloq* संकेत, इशारा, सूचना, सूचक

pointing पॉइन्टिङ्ग *n* (दीवार की) टीप, टीपकारी

pointless पॉइन्टलिस *a* 1 भोथरा, कुंद, कुंठित, 2 (of remark etc) बेमतलब, बेमानी; बेकार, व्यर्थ, बेफ़ायदा [It is ~ to wait here], 3 (of joke) बेमज़ा, नीरस

poise^1 पॉइज़ *vt & i* 1 संतुलित करना, 2 हाथ पर धरना या हाथ से लटकाना, (इस प्रकार) तोलना [to ~ sth in the hand], 3 सिर को विशेष मुद्रा में रखना [the way he ~s his head], 4 to be ~d for an attack आक्रमण के लिए बिलकुल तैयार होना, 5 *vi* संतुलित होना, 6 आकाश में मंडराना [to ~ in the air]

poise^2 *n* 1 संतुलन, मानसिक संतुलन [a man of ~], 2 (सिर या शरीर की) मुद्रा, 3 अनिश्चय, दुविधा, असमंजस

poison पॉइज़न *n & vt* विष, ज़हर, **slow ~** पदार्थ जो बार-बार सेवन करने पर अन्ततोगत्वा विष का काम करे, मन्द-विष; **to hate s.o. like ~** अत्यन्त घृणा करना; *vt* 1 (किसी को) विष या ज़हर देना, विष देकर मारना, 2 (हवा, पानी आदि को) विषाक्त करना, दूषित करना, 3 (खून, मन को) बिगाड़ना, विकृत करना, दूषित करना, 4 (बाण, हथियार आदि को) ज़हर में बुझाना [esp. in *pp* as '~ed arrows']; 5 आनन्द में विघ्न डालना [to ~ s.o.'s pleasure]; **~er** *n* विष देने वाला, विषदाता

poisonous पॉइज़नस *n* विषैला, विषाक्त, विषमय, ज़हरीला, **~ness** *n* विषैलापन, विषाक्तता

poke^1 पोक *n* थैला, थैली, बोरी [to buy a pig in a ~: see pig^1]

poke^2 *vt & i* 1 (हाथ, छड़ी की नोक से) ढकेलना, घुसेड़ना [to ~ sth in, up, down], 2 अंगारों को सीख़ से उलटना-पलटना [to ~ the fire], 3 चुभा कर छेद करना [to ~ a hole in sth], 4 (सद्भावपूर्वक) उंगली चुभाना या कोहनी मारना [to ~ s.o. in the ribs], 5 टांग अड़ाना, दख़ल देना [to ~ one's nose **into** s.o.'s affairs], 6 **to ~ fun at s.o.** किसी का मज़ाक उड़ाना, 7 to ~ one's head out सिर बाहर निकालना, 8 *vi* to ~ **at** sth with a stick किसी चीज़ को छड़ी की नोक से उलटना-पलटना या कुरेदना, 9 to ~ **about**, to ~ and pry टोह लेना, भेद लेना, खोजते फिरना

poke^3 *n* 1 ठेल, धकेल, कोहनी का आघात, कोहनी मारना, उंगली का आघात, छड़ी की नोक से आघात, हूल, 2 (चौपायों के गले में बांधने का) डिगर

poker पोकर *n & vt* 1 (अंगारों को उलटने-पलटने की) सीख़, कुरेदनी, अंगार-शलाका, 2 **~-work** गरम सलाई से लकड़ी पर बेल-बूटे बनाना; *vt* बेल-बूटे बनाना, बेल-बूटों से सजाना

poky पोकि *a* 1 (of place, room) तंग, छोटा, गंदा, 2 (of occupation etc) मामूली, साधारण, घटिया

polar पोलर *a* (f. pole^3) 1 आकाशमडल अथवा पृथ्वी के ध्रुव का, ध्रुवीय, ध्रुव के निकटवर्ती, ध्रुवक्षेत्र का, **~ bear** (ध्रुवक्षेत्र में मिलने वाला) बृहदाकार सफ़ेद रीछ; ~ circles भूमध्यरेखा या विषुवत्-वृत्त के समानान्तर दो वृत्त (जो कि ध्रुवों से 23° 27′ की दूरी पर हैं), ध्रुवीय वृत्त, ध्रुववृत्त; **~ lights** (see aurora) ध्रुवीय प्रकाश; **~ distance** (निकटवर्ती) ध्रुव से दूरी, ध्रुवीय दूरी, 2 जिसमें चुम्बकत्व हो, चुम्बकीय, 3 *fig* (i) पृथ्वी के ध्रुव के समान, (ii) ध्रुवतारे के समान, 4 *fig* (स्वभाव, गुण आदि में) एकदम विपरीत या उलटा

polarity प-लैरिटि *n* 1 (चुंबक का) उत्तर या दक्षिण की ओर संकेत करने का गुण, ध्रुवाभिमुखता, ध्रुवत्व, ध्रुवता, 2 किसी वस्तु में विपरीत गुणों वाले दो छोर होना, 3 *fig* किसी पदार्थ के प्रति आकर्षित होना

polarization पोलराइ-ज़ेशन *n* (see foll) 1 *phys* ध्रुवण, 2 *fig* दो विपरीत विचारों या सिद्धान्तों की विद्यमानता या अभिव्यक्ति, गहरा मतभेद, अलगाव [The increasing ~ within the party may lead to a split]

polarize पोलराइज़ *vt & i* 1 *phys* (धातु की सलाख़ आदि में) चुंबकत्व पैदा करना, चुंबकित करना, ध्रुवित करना या होना; 2 *fig* एक ही समुदाय को विपरीत विचार वाले दो वर्गों या दलों में विभक्त करना या होना [The election has ~d the political opinion in the country]

polder पोल्डर *n* (वि० हालैंड में) नदी या समुद्र से निकली हुई भूमि, जलोद्धृत भूमि

pole^1 पोल *n* 1 (बांस, लकड़ी या धातु का) लंबा डंडा, डांड़, बांस, बल्ली [tent ~], खंभा [telegraph ~], (*sl*) to be **up the** ~ (i) दुविधा या कठिनाई में होना, (ii) वहमी या सनकी होना, 2 (तांगे का) बम, 3 (land measure) पोल = $5\frac{1}{2}$ गज़, 4 **pole-jump(ing), pole-vault(ing)** लंबे डंडे का सहारा लेकर ऊंची छलांग लगाना, लग्गा-कूद

pole^2 *vi* (नाव को डांड़ से) खेना [to ~ off]

pole^3 *n* 1 आकाशमंडल के दो कल्पित बिन्दु (North, South, ~) जिनके इर्द-गिर्द तारे घूमते प्रतीत होते हैं, ध्रुव, 2 *geog* पृथ्वी के उत्तरी और दक्षिणी छोर; **North ~** उत्तरी ध्रुव, **South ~** दक्षिणी ध्रुव, 3 चुम्बक के दोनों सिरे या ध्रुव [North, South, ~], 4 बैटरी के दोनों सिरे [positive, negative, ~], 5 *fig* दो विरोधी

सिद्वान्तों में से प्रत्येक; **to be ∼s apart** *or* **asunder** (एक-दूसरे से) बिल्कुल भिन्न होना, 6 **pole-star** ध्रुवतारा, *fig* (i) पथप्रदर्शक, (ii) आकर्षण-केन्द्र

Pole^{4} *n* पोलैण्ड का निवासी, पोल

pole-axe पोल्-ऐक्स *n* & *vt* 1 (युद्ध में काम आने वाला) कुल्हाड़ा, फरसा, परशु, तबर, 2 भाले और कुल्हाड़े का मिला-जुला हथियार, 3 बधिक की कुल्हाड़ी, *vt* कुल्हाड़ी से (पशु का) बध करना

polecat पोल्-कैट *n* नेवले की जाति का छोटा मांसाहारी बदबूदार जानवर, एक प्रकार की यूरोपीय बिल्ली; मार्जारिका

polemic प-लें`मिक *a* & *n* 1 विवाद करने वाला, विवादप्रिय, विवादशील, विवादी, झगड़ालू, 2 विवादास्पद, विवादग्रस्त, खंडनमंडनात्मक; *n* 1 वाद-विवाद, 2 विवाद करने वाला, शास्त्रार्थ करने वाला, 3 (in *pl*) **polemics** (वि० धार्मिक विषयों पर) वाद-विवाद, शास्त्रार्थ, खंडन-मंडन

polemical प-ले`मि-कल *a* 1 विवादात्मक, विवादग्रस्त; 2 खंडन-मंडनात्मक [a ∼ pamphlet]

police^{1} पलीस *n* 1 शांति और व्यवस्था बनाये रखने वाली सरकारी संस्था, पुलिस, आरक्षक, आरक्षी; **in ∼ custody**, पुलिस की हिरासत में, 2 (*comb*) **policeman** (पुलिस का) सिपाही, **∼ state** पुलिस द्वारा प्रशासित राज्य, देश जहां पुलिस का राज्य हो; पुलिस राज्य; **∼ station** थाना, कोतवाली

police^{2} *vt* 1 (देश पर) पुलिस द्वारा शासन करना, (देश में) शांति और व्यवस्था बनाये रखना, 2 पुलिस तैनात करना, *fig* निगरानी करना

policlinic पॉ`लि-क्लिनिक *n* अस्पताल का बहिरङ्ग विभाग, बहिरङ्ग अस्पताल

policy^{1} पॉ`लिसि *n* 1 नीति; राजनीति, **foreign ∼** विदेश-नीति, 2 काम करने का ढंग, नीति, उद्देश्य [Our ∼ is to satisfy our customers], 3 बुद्धिमत्ता, बुद्धिमत्ता का व्यवहार, उचित व्यवहार, नीतिज्ञता, 4 *arch* चाल, चालाकी

policy^{2} *n* बीमा-पत्र, पालिसी ; **to take out a policy** बीमा कराना, पालिसी लेना, **∼-holder** बीमा कराने वाला, पालिसी-धारक

polio पोलिओ *n* (*colloq*) =**foll**

poliomyelitis पोलिओ-माइ-इलाइटिस *n* मेरु-मज्जा के धूसर अंश का शोथ (जो प्राय: बच्चों को होता है); मेरुदण्ड का लकवा, पक्षाघात

polish^{1} पॉ`लिश *n* 1 चमक, कांति, 2 रोग़न, पालिश, 3 संस्कार, परिष्कार, शिष्टता

polish^{2} *vt* 1 (धातु आदि को) चमकाना, (लकड़ी पर) रोग़न करना, (जूता आदि) पालिश करना, 2 (व्यक्ति को) शिष्ट या सभ्य बनाना, 3 **to ∼ off** जल्दी-जल्दी (काम) ख़तम करना, झटपट निपटाना, 4 **to ∼ up** चमकाना, *fig* परिष्कृत करना, परिमार्जित या सम्मार्जित करना [to ∼ up one's English, one's style, a poem, etc]

Polish पोलिश *a* & *n* पोलैण्ड का, *n* पोलैण्ड का निवासी, पोल; पोलैण्ड की भाषा, पोलिश

politburo *n* (*pl* ∼s) (कम्यूनिस्ट पार्टी की) मुख्य या प्रमुख समिति

polite पलाइट *a* 1 नम्र, विनीत, शिष्ट, सुशील, शालीन, 2 (of literature) सुरुचिपूर्ण, उच्चकोटि; **∼ letters** साहित्य, वाङ्मय; **∼ness** *n* नम्रता, विनय, शिष्टता, शालीनता

politic^{1} पॉ`लि-टिक *a* 1 (of person) बुद्धिमान्, समझदार, विवेकी, दूरदर्शी; (of conduct) बुद्धिमत्ता या समझदारी का, दूरदर्शिता का, विवेकपूर्ण, नीति-सम्मत, 2 **the body politic** (see body^{1}, 5)

politic^{2} *vi* (-ck-) राजनीति में भाग लेना

political प-लिटिकल *a* 1 शासन का, शासन-संबंधी, शासनात्मक, राजकीय, सरकारी, 2 राजनीति का, राजनीति-संबंधी, राजनीतिक [∼ party, prisoner, sufferer, etc], 3 **∼ economy** = economics, 4 **∼ geography** विभिन्न देशों की सीमाओं तथा उनके अधीन इलाकों का निर्देश करने वाला भूगोल, राजनीतिक भूगोल; **∼ly** *adv* राजनीतिक दृष्टि से

politician पॉ`लि-टिशन *n* 1 राजनीतिज्ञ, नीति-निपुण, 2 राजनीति में भाग लेने वाला, राजनीतिक कार्यकर्ता, सक्रिय राजनीतिज्ञ, 3 (U.S.) राजनीति को जीविका का साधन बनाने वाला, राजनीति-व्यवसायी

politicize प-लिटि-साइज़ *vi* & *t* राजनीति में भाग लेना, *vt* राजनीति से प्रभावित करना, राजनीतिक रंग में रंगना [In that country, the army itself is ∼d]; (मामले, घटना आदि को) राजनीतिक रंग देना

politics पॉ`लि-टिक्स *n pl* 1 (also treated as *sing*) राजनीति, 2 राजनीतिक मामले, (देश का) राजनीतिक जीवन, 3 राजनीतिक सिद्धान्त [The ∼ of the decision is not clear], 4 **It is not practical ∼** (i) इस की संभावना इतनी कम है कि इस पर विचार करना फ़ज़ूल है, (ii) इस पर अमल करने में कई कठिनाइयां होंगी

polity पॉ`लिटि *n* 1 शासन-व्यवस्था, शासनतन्त्र, राज्यतन्त्र, शासन-पद्धति, 2 व्यवस्थित समाज, राज्य, देश, राष्ट्र

polka पॉ`ल्कः *n* (चेकोस्लोवाकिया के अन्तर्गत प्राचीन बोहीमिया राज्य का) द्रुत नृत्य, पोल्का

poll^{1} पोल *n* 1 *arch* सिर, मुंड, खोपडी का वह भाग जहां बाल उगते हैं, चांद, 2 मतदान [A ∼ was held, demanded, etc]; **to go to the ∼s** मतदान करना, **to declare the ∼** मतदान का परिणाम घोषित करना, 3 डाले गये वोटों की संख्या, **a heavy ∼** बड़ी संख्या में मतदान, भारी मतदान; **a light ∼** थोड़ी संख्या में मतदान,

हल्का मतदान, 4 **poll-tax** हर व्यक्ति पर लगने वाला कर, व्यक्ति-कर, मथोट

poll^2 *vt* & *i* 1 *arch* बाल काटना, (पेड़-पौधों का) सिरा काटना, 2 (गाय-भैंस के) सींग काटना, 3 (लोगों का) मतग्रहण करना, वोट लेना, in *pass* मतदान करना, वोट देना, 4 (of candidate) इतने वोट प्राप्त करना, 5 *vt* वोट देना, वोट डालना, **polling-booth** मतदान-कक्ष, **~ing-station** मतदान-केन्द्र

poll^3 *a* & *n* 1 (*adj in comb*) बिना सींग का, सिंगकटा, शृंगहीन [~-beast, -ox]; 2 *n* शृंगहीन पशु (वि० गाय-बैल), मुंडा

poll^4 पॉल *n* 1 P~ तोते (को पुकारने) का नाम, गंगाराम, आत्माराम, मिट्ठू; 2 ~ **parrot** (i) पालतू तोता, (ii) रटी-रटाई बातें करने वाला आदमी

pollack, pollock पॉलक *n* काड (cod) जाति की समुद्री मछली

pollard पॉलर्ड *n* & *vt* 1 पशु जिसके सींग गिर या झड़ गये हों, शृंगहीन पशु, मुंडा; शृंगहीन जाति की गाय या भेड़ या बकरी; मुंडी गाय आदि; 2 पेड़ जिसकी नई शाखाएं उगाने के लिए सिरा काट दिया हो, मुंडा पेड़, *vt* पेड़ का सिरा काट देना

pollen पॉलन *n* पराग, पुष्परज, रेणु

pollicitation पलिसि-टेशन *n* (*civil law*) वादा या इकरार जिसे दूसरे व्यक्ति ने अभी विधिवत् स्वीकार न किया हो और जिसे वादा करने वाला वापस ले सकता हो, कच्चा वादा

pollinate पॉलिनेट *vt* (*bot*) (पुष्प के रजकोष पर) पराग छिड़कना, पराग सींचना, पराग-सेचन करना; **pollination** *n* पराग-सेचन, परागण

pollutant पलूटन्ट *a* (see foll) प्रदूषक

pollute पलूट *vt* 1 (पानी आदि) गन्दा करना, मैला करना, ख़राब करना, दूषित या प्रदूषित करना, कलुषित करना, 2 (मन्दिर आदि पवित्र स्थान) अपवित्र करना, नापाक करना; **~r** *n* 1 गंदा करने वाला, 2 (मन्दिर आदि को) अपवित्र करने वाला, अपवित्रकारी

pollution प-लूशन *n* 1 गंदा करना, गंदगी, अशुद्धता, 2 अपवित्र करना, अपवित्रीकरण, प्रदूषण

polo पोलो *n* घोड़े पर चढ़कर खेले जाने वाला हाकी-जैसा खेल, चौगान; **~-stick** चौगान (खेलने) का डंडा

polonaise पॉल-नेज़ *n* संयुक्त चोली और लहंगे का पहनावा

polonium प-लोनिअम *n* एक अत्यन्त विकिरणशील तत्त्व, पोलोनियम

poltergeist G पॉल्टर्गाइस्ट *n* हल्ला-गुल्ला करने वाला भूत-प्रेत, उपद्रवी पिशाच, भूतना

poltroon पॉल्ट्रून *n* कायर, भीरु, डरपोक, बुज़दिल; **~ery** *n* कायरता, भीरुता

polyandrous पॉलि-ऐन्ड्रस *a* 1 एक साथ अनेक पुरुषों से विवाह करने वाली स्त्री, बहुपतिका, ~ **marriage** बहुपतिक विवाह, 2 *bot* जिसमें अनेक पुंकेसर हों, बहुपुंकेसरी

polyandry पॉलि-ऐन्ड्रि *n* 1 बहुपतिप्रथा बहुपतित्व, 2 *bot* बहुपुंकेसरता

polyanthus पॉलि-ऐन्थस *n* अनेक रंगों के फूलों वाला सदाबहार पौधा, बहुपुष्पी

polyarchy पॉलि-आर्कि *n* अनेक व्यक्तियों का शासन, बहुतन्त्र [opp. monarchy]

polychromatic पॉलि-क्रमैटिक *a* अनेक रंगों का, बहुरंगा, रंग-बिरंगा

polychrome पॉलि-क्रोम *a* & *n* जिस पर कई रंग या रोग़न किये गये हों, अनेक रंगों वाला, बहुरंगा, बहुरोग़नी, *n* बहुरंगा चित्र, बहुरंगी प्रतिमा

polychromy प-लिक्रमि *n* (वि० प्राचीन बर्तनों पर) अनेक रंग (के रोग़न) करने की कला

polyclinic पॉलि-क्लिनिक *n* अस्पताल जहां अनेक रोगों का इलाज होता हो, बहुचिकित्सा-केन्द्र, बड़ा अस्पताल

polyester पॉलि-ऍस्टर *n* (*chem*) एक प्रकार का पालिमर (see polymer) जो प्लास्टिक और नकली सूत आदि बनाने में काम आता है [~ rubber, foam, etc]

polygamist प-लिग-मिस्ट *n* 1 बहुत विवाह करने वाला पुरुष, बहुपत्नीक; 2 बहुविवाहवादी

polygamous पलिग-मस *a* 1 बहुत विवाह करने वाला, बहुविवाही, (of society) जिसमें पुरुष एकाधिक विवाह करते हों, 2 *zool* अनेक मादाओं के साथ रहने वाला पशु, *bot* जिसके कुछ फूल पुंकेसरी, कुछ स्त्रीकेसरी और कुछ उभयकेसरी हों, बहुलिंगी

polygamy प-लिगमि *n* बहुविवाह, बहुपत्नीत्व; बहुपत्नीप्रथा, बहुविवाहप्रथा

polygenesis पॉलि-जॅनिसिस *n* (मनुष्यों या जन्तुओं की) किसी जाति का अनेक पूर्वजों या विभिन्न जीवाणुओं से उत्पन्न हुआ होना, अनेकपूर्वजता, अनेकमूलजता, बहुमूलजता, **polygenetic** पॉलि-जिनॅटिक *a* बहुमूलज

polygenism पलिजि-निज़म *n* बहुपूर्वजता का सिद्धांत (see foll)

polygeny प-लिजनि *n* मनुष्य जाति का आरंभ से ही अनेक दंपतियों की सन्तान होना, बहुपूर्वजता

polyglot पॉलि-ग्लोट *a* & *n* अनेक भाषाओं का, बहुभाषासंबंधी, बहुभाषी, ~ **dictionary** अनेक भाषाओं का कोश, बहुभाषाकोश; *n* 1 बहुभाषाविद्, बहुभाषाभाषी, बहुभाषी, बहुभाषिया; 2 मूलपाठ तथा अनेक भाषाओ में अनुवाद सहित पुस्तक (वि० इंजील); **~tal**, **~tic** *aa* बहुभाषासंबंधी, बहुभाषीय; **polyglottism** *n* अनेक भाषाएं बोलने या लिखने की योग्यता, बहुभाषियापन, बहुभाषाज्ञान

polygon पॉलिगन *n* अनेक (प्रायः चार से अधिक

भुजों या कोणों वाली आकृति, बहुभुज, बहुकोण; ~**al** *a* बहुभुजी, बहुकोणी

polygonum प-लिगनम *n* घास-जैसे पौधों की जाति-विशेष

polygraph पॉलिग्राफ़ *n* 1 प्रतिलिपियां बनाने की मशीन, प्रतिलिपिक यन्त्र, 2 अनेक (प्रकार के) ग्रन्थों का लेखक, लिखारी

polygynous पलिग्-नस, पलिज्-नस *a* बहुपत्नीक

polygyny पलिग्नि, पलिज्नि *n* अनेक पत्नियों का होना, बहुपत्नीत्व, बहुपत्नीप्रथा

polyhedron पॉलि-हीड्रन *n* अनेक (प्राय: छ: से अधिक) पहलुओं वाली घन-आकृति, बहुफलक

polyhistor पॉलि-हिस्टर *n* विविध विषयों का पंडित, दिग्गज पंडित, महापंडित

polymath पॉलिमैथ *n*=prec., ~**y** बहुविध पांडित्य

polymer पॉलिमर *n* (*chem*) ऐसा यौगिक जिसका अणु (molecule) अनेक छोटे अणुओं के योग से बना हो, बहुलक, पालिमर (*e.g.* nylon, polyethylene)

Polynesia पॉलि-नीज़िअ *n* प्रशान्त महासागर में आस्ट्रेलिया के पूर्व में स्थित द्वीपसमूह (including New Zealand, Hawaii, Samoa, Fiji, etc) पालिनेशिया; ~**n** *a* & *n* पालिनेशिया का (निवासी); वहां की भाषा, पालिनेशियाई

polynomial पॉलि-नोमिअल *a* & *n* (*alg*) दो से अधिक पदों वाला, बहुपदीय, *n* बहुपदीय व्यंजक, बहुपद

polyonymous पॉलि-ऑनि-मस *a* अनेक नामों वाला

polyp पॉलिप *n*=polypus

polypetalous पॉलिपॅटलस *a* (*bot*) अलग-अलग पंखड़ियों वाला, पृथक्दलीय

polyphonic,-phonous पॉलि-फ़ॉनिक, प-लिफ़नस *aa* (*philol*) विभिन्न ध्वनियों का प्रतीक, बहुध्वनि(क), बहुस्वन

polypod पॉलि-पॉड *a* & *n* बहुत से पैरों वाला (जानवर), बहुपाद, अनेकपदी

polypus पॉलि-पस *n* (*med*) अनेक सूक्ष्म शाखाओं वाली रसौली

polysyllabic पॉलि-सिलैबिक *a* 1 अनेक अक्षरों वाला, अनेकाक्षर, 2 अनेकाक्षर शब्दों वाला, बहु-अक्षर

polysyllable पोलि-सिल-बल *n* अनेकाक्षर शब्द, बहु-अक्षर

polytechnic पॉलि-टॅक्निक *a* & *n* जहां अनेक कलाएं या शिल्प सिखाए जाएं [~ school], *n* बहुशिल्प-शिक्षणालय, पालिटेक्निक

polytheism पॉलि-थीइज़म *n* ईश्वर के अतिरिक्त अनेक देवताओं में विश्वास, बहुदेवपूजा, बहुदेववाद

polytheist पॉलिथीइस्ट *n* अनेक देवताओं को मानने वाला, बहुदेववादी

polythene पॉलि-थीन *n* अल्पपारदर्शक तथा हल्का और दृढ़ कपड़े-जैसा पदार्थ, पालीथीन [=a polymer of ethylene]

pomace पमिस *n* 1 (आसव बनाने के लिए कूटे हुए) सेबों की लुगदी (रस निकालने से पहले और बाद), फलपिष्ट; 2 किसी चीज़ की लुगदी

pomade पमाड, पमेड *n* & *vt* सुगंधित केश-लेप (लगाना)

pomatum प-मेटम *n* & *vt*=pomade

pome पोम *n* (*bot*) गूदेदार रसीला फल (*e.g.* सेब, नाशपाती)

pomegranate पॉमि-ग्रैनट *n* अनार (पेड़ और फल), दाड़िम

pomelo पम-लो *n* चकोतरा

pomfret पॉम्फ़्रिट *n* (प्रशान्त और हिन्दमहासागर में पाई जानेवाली) मछली, सरंगा

pomiculture पोमि-कल्चर *n* फल उगाना, फलों की खेती, फलकृषि

pommel पमल *n* & *vt* (-ll-) 1 (तलवार की मूठ के सिरे पर बनी) घुंडी, मूठ की घुंडी, 2 काठी का ऊपर को मुड़ा हुआ अग्रभाग, हरना; *vt* मूठ से मारना, घूंसा लगाना, मुक्का मारना

pomology पमॉल-जि *n* फलकृषि-विज्ञान, फल-विज्ञान

pomp पॉम्प *n* ठाट-बाट, धूम-धाम, टीम-टाम, सज-धज, तड़क-भड़क, शान-शौकत, आडम्बर

pom-pom पॉम्-पॉम *n* (दूर तक मार करने वाली और धड़ाधड़ गोलियां बरसाने वाली) मशीन-गन, पम-पम

pompon पॉम्-पॉन *n* स्त्रियों और बच्चों के हैट या जूते पर सजावट के लिए लगा फ़ीते या फूलों आदि का गुच्छा; सैनिक की टोपी पर लगा गोल गुच्छा, फुंदना

pomposity पॉम्-पॉसिटि *n* (f. foll) 1 अहम्मन्यता, आत्माभिमान, गर्व, दर्प, 2 शब्दाडम्बर, समासबहुलता

pompous पॉम्पस *a* 1 शानदार, ठाटदार, तड़क-भड़क का, 2 (of person) प्रतिष्ठित, प्रतापी, प्रभावशाली, अहम्मन्य, गर्वीला, 3 (of language, style) शब्दाडम्बरपूर्ण, समासबहुल, भारी-भरकम शब्दों से भरा हुआ, ~**ly** *adv* ठाट-बाट से, धूम-धाम से, ~**ness** *n* 1=pomp, 2 pomposity

poncho पॉन्चो *n* (दक्षिण अमरीका के देशों का) चोग़ा, पोंचो

pond पॉन्ड *n* 1 (खोद कर बनाया गया) जलाशय, तालाब, ताल, तलैया, पोखरा, सरोवर, कुंड, 2 *comb*: ~**-life** तालाब (आदि के खड़े जल) में रहने वाले जीव, ~**weed** सेवार; **pondage** पॉन्डिज *n* 1 तालाब की समाई, 2 पानी की भराई

ponder पॉन्डर *vt* & *i* 1 सोचना, सोच-विचार करना, विवेचन करना [to ~ a question, an idea, an advice, etc], 2 *vi* to ~ **on, over,**

sth ध्यान लगाना, मनन करना, चिन्तन करना

ponderable पॉन्ड-र-ब्ल *a* 1 जिसका भार महसूस किया जा सके, कुछ वज़नदार [~ gas], 2 महत्त्वपूर्ण, वज़नी, वज़नदार

ponderation पॉन्ड-रेशन *n* 1 तोलना, वज़न करना, जोखना, 2 सोचना, सोच-विचार (करना), विवेचन (करना); कार्यों या दृष्टिकोणों आदि के आपेक्षिक महत्त्व पर विचार करना

ponderous पॉन्ड-रस *a* 1 भारी, बोझल, भारी-भरकम, 2 थका देने वाला, श्रमसाध्य, कठिन, 3 (of style) शब्दाडम्बरपूर्ण, प्रयत्नकृत, अस्वाभाविक, उबा देने वाला, नीरस

poniard पॉन्यर्ड *n* & *vt* कटार, खंजर, छुरा, *vt* कटार भोंकना

pontifex पॉन्टिफेक्स *n* (*pl* -fices) *Rom ant* रोम के पादरियों की मुख्य संस्था का सदस्य, पादरी

pontiff पॉन्टिफ़ *n* 1 पोप (also **the Sovereign** *or* **Supreme ~**), 2 बिशप, बड़ा पादरी, धर्माध्यक्ष

pontifical पॉन्-टिफ़िक़ल *a* & *n* 1 पोप का, बिशप का, 2 पोप या बिशप को शोभा देने वाला, *n* 1 बिशप द्वारा कराये जाने वाले अनुष्ठानों या संस्कारों की पुस्तक, संस्कार-ग्रन्थ, संस्कारविधि, 2 (in *pl* ~s) बिशप का पहनावा या परिधान या परिच्छद

pontificate *n* पॉन्-टिफ़िकट & *vi* -टिफ़िकेट 1 पोप का पद, बिशप का पद, 2 पोप या बिशप का कार्यकाल या शासन-काल, (इन के) पद की अवधि; *vi* = pontify 1, 2

pontify पॉन्टि-फ़ाइ *vi* 1 पोप या बिशप (के पद) का काम करना, 2 (पोप या बिशप की भांति) निष्पाप होने का दावा करना, 3 बड़ी शान से बात करना, इतराना

pontoon पॉन्-टून *n* 1 चपटे पेंदे की नाव, 2 अस्थायी पुल बनाने के काम आने वाली नाव अथवा पीपा, 3 *comb*: **~-bridge** नाव-पुल

pony पोनि *n* टट्टू, याबू

poodle पूडल *n* (लंबे घुंघराले बालों वाली जाति का) कुत्ता, पूडल

pooh पू *int* घृणासूचक शब्द, ऊँह

pooh-pooh पू-पू *vt* घृणा व्यक्त करना, तुच्छ समझना, महत्त्व न देना, परवाह न करना [to ~ an idea, an advice, a warning]

pool^{1} पूल *n* 1 (पानी का) गड्ढा, डबरा, पोखरा, कुंड, 2 ताल, तालाब, **swimming ~** तरण-ताल, 3 (किसी द्रव की तलैया [~ of blood]

pool^{2} पूल *n* 1 (cards, betting etc) खिलाड़ियों, जुआरियों द्वारा दाँव पर लगाने की सामूहिक राशि, 2 वर्ग-विशेष के प्रतिस्पर्धी व्यापारियों का समझौता जिसके द्वारा संघ बनाकर मूल्य स्थिर किये जाते हैं और काम बांट लिया जाता है, (व्यवसाय-)संघ, पूल, 3 (अलग-अलग फ़र्मों के मुनाफ़े का) संयुक्त कोश, *attrib*: **~ prices** संघ द्वारा निश्चित मूल्य; 4 (कर्मचारियों का) निकाय (जिसमें से किसी को भी काम पर लगाया जा सकता है); 5 (वस्तु या माल का) संयुक्त भंडार

pool^{3} पूल *vt* 1 एकत्र करना, इकट्ठा करना, (विभिन्न व्यवसायी संस्थाओं द्वारा) संयुक्त कोश बनाना, (रुपया) संयुक्त कोश में डालना, 2 काम और नफ़ा बाँटना [to ~ the orders, profits, etc.]

poop^{1} पूप *n* & *vt* 1 (जहाज़ की) पिछाड़ी, 2 सबसे पिछला और सब से ऊँचा डेक (also **~-deck**); *vt* (of wave) जहाज़ की पिछाड़ी में घुस आना [to ~ a ship]

poop^{2} *n* (*sl*) मूर्ख और नगण्य व्यक्ति

poor पुअर *a* 1 निर्धन, ग़रीब, दरिद्र, कंगाल, **the poor** *n pl* ग़रीब लोग, 2 (of quality etc) घटिया, मामूली, 3 अनुपजाऊ, अनुर्वर [~ soil]; 4 (आशा से) कम, थोड़ा, अपर्याप्त [the crop was ~], **~ visibility** थोड़ी दूर तक या कम दिखाई देना, अल्प दृश्यता; 5 दुबला-पतला, कमज़ोर [~ cattle], 6 अयोग्य, कमज़ोर [~ at mathematics], 7 तुच्छ [in my ~ opinion]; to have a ~ opinion of s.o. किसी को घटिया समझना, 8 जिसे देख कर दया आये, दीन, दीन-हीन, बेचारा, अभागा [~ fellow!], 9 *comb*: **~-box** गिरजे में निर्धनों के लिए दान एकत्र करने का पात्र, दान-पात्र; **~-house** अनाथ आश्रम, अनाथालय; **~ relation** (*fig*) वर्ग का घटिया सदस्य; **~-spirited** कायर, भीरु, डरपोक, साहसहीन

poorly पुअर्-लि *pred a* & *adv* अस्वस्थ, जिसकी तबीयत ठीक न हो [He is looking very ~]; *adv* 1 अल्प मात्रा में, बहुत कम, 2 बुरी तरह से, जैसे-तैसे, लस्टम-पस्टम

poorness *n* 1 (गुण या मात्रा की) कमी, कसर, त्रुटि, अपर्याप्तता [the ~ of the harvest], 2 हल्कापन, घटियापन [the ~ of his performance]

pop^{1} पॉप *vi* & *t* 1 भक् से होना, हल्का विस्फोट होना, (of cork) भक् से उड़ जाना, 2 जल्दी से घुसना, आ टपकना, जल्दी से बाहर आना [to ~ **in, out**], 3 *vt* (बंदूक आदि) दाग़ना, 4 (काक आदि) भक् से उड़ा देना, 5 (वस्तु को) एक दम घुसेड़ना या निकालना [to ~ sth **in, out**], 6 **to pop the question** (*colloq*) विवाह का प्रस्ताव करना, 7 to ~ corn मकई का लावा करना, 8 (*colloq*) to ~ **off** चल बसना, मर जाना, 9 *comb*: **pop-corn** मकई का लावा, मक्का की खील, मक्काफुल्ली; **pop-gun** खिलौना-बन्दूक (जसमें काक लगा रहता है)

pop^{2} *n* & *adv* तड़ाका, धड़ाका, धमाका, पटाक् की आवाज; *adv* to go ~ फटना, फट पड़ना, भक् से उड़ जाना

pop^3 *a* & *n* (*colloq abbr* for 'popular'), लोकप्रिय [~ music]; ~ **group** लोकप्रिय संगीत मंडली; ~ **festival** लोकप्रिय संगीत समारोह, *n* लोकप्रिय संगीत (-समारोह) या रिकार्ड आदि

pope पोप *n* **1** रोमन कैथलिक संप्रदाय का अध्यक्ष, परम धर्माध्यक्ष, पोप, **2** *fig* निष्पाप (समझा जाने वाला) व्यक्ति, साधु, सन्त, महात्मा; ~**dom** *n* पोप का पद, पोप का राज्य या अधिकारक्षेत्र; ~**ry** *n* (*derog*) पोपतन्त्र, पोपवाद; रोमन कैथलिक धर्म

popinjay पॉपिन्जे *n* **1** *arch* तोता, **2** आत्माभिमानी या अहम्मन्य व्यक्ति, घमंडी आदमी

poplar पॉप्लर *n* पहाड़ी पीपल; **trembling** ~ पहाड़ी पीपल का एक प्रकार जिसके पत्ते बहुत हिलते रहते हैं

poplin पॉप्-लिन *n* एक प्रकार का मुलायम सूती कपड़ा, पापलीन

popliteal पॉप्-लिटिअल *a* **1** जानुपृष्ठ का, **2** ~ artery घुटने के पीछे की नाड़ी; ~ tendons घुटने के पीछे की नसें

poppet पॉपिट **1** *naut* लकड़ी का छोटा टुकड़ा, **2** ~**-head** खराद का ऊपरी भाग

popple पॉपल *vi* & *n* (of water) लहरें मारना, लहरें उठना, आलोड़ित होना, उद्वेलित होना; *n* छोटी लहर

poppy पॉपि *n* **1** शोख़ फूलों और नशीले रस वाले पौधों की एक जाति; अफ़ीम का पौधा, पोस्त (also **opium** ~); **2 corn** ~, **field** ~ लाल पोस्त; **3** ~**-head** पोस्त का डोडा, पोस्ता; ~ **seed** पोस्ते का दाना, खसखस

populace पॉप्युलस *n* **1** जनता, जन-साधारण, आम लोग, **2** *derog* निम्न वर्ग (के लोग)

popular पॉप्युलर *a* **1** जनता का, आम लोगों का, जन-साधारण का, सार्वजनिक, सार्वजनीन, ~ **election** जनता द्वारा निर्वाचन, सार्वजनिक निर्वाचन, ~ **government** जनता द्वारा निर्वाचित सरकार, जनता की सरकार, लोकशासन, ~ **discontent** जनता का असंतोष, ~ **front** (*polit*) वामपन्थी लोगों या दलों का मोर्चा, जनता-मोर्चा, ~ **movement** सार्वजनीन आंदोलन, जन-आंदोलन, **2** लोकप्रिय, सर्वप्रिय, प्रिय, जिसे लोग चाहते या अच्छा समझते हैं [He is ~ **with** his students], **3** (of prices) सस्ता, **4** जिसे जनसाधारण समझ सके, सुबोध, सरल [~ book on physiology], **5** लोकरुचि के अनुकूल, आजकल के फ़ैशन का, प्रचलित [~ theatre], **6** (*misc*) popular error आम ग़लती, सामान्य भ्रांति; ~ **literature** जनसाहित्य; ~ **taste** लोकरुचि; ~**ly** *adv* आमतौर से

popularity पॉप्यु-लैरिटि *n* लोकप्रियता

popularization *n* (see foll)

popularize पॉप्यु-लराइज़ *vt* **1** (व्यक्ति को) लोकप्रिय बनाना, **2** (लोगों में) प्रचार करना [to ~ a new savings scheme], **3** लोकरुचि के अनुकूल बनाना, **4** सरल या सुबोध बनाना [to ~ a technical subject]

populate पॉप्युलेट *vt* **1** (स्थान में) बसना, आबाद होना, **2** (स्थान को) बसाना, आबाद करना; densely ~ed घनी आबादी वाला, घना आबाद

population पॉप्युलेशन *n* **1** लोग, निवासी, जनता, आबादी, **2** जनसंख्या, **3** जीवसंख्या [the forest ~]; **4 the** ~ (स्थान-विशेष के) लोग, निवासी, जनता [the ~ turned out to welcome him]; **5** ~ **explosion** जनसंख्या में एकाएक भारी वृद्धि, आबादी की बाढ़

populist पॉप्यु-लिस्ट *a* & *n* समस्त जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले दल का (अनुयायी), जनवादी

populous पॉप्युलस *a* घनी आबादी वाला, घना आबाद, घना बसा हुआ; ~**ness** *n* आबादी की सघनता

porcelain पॉर्स्लिन *n* **1** पकाई हुई चीनी मिट्टी, **2** चीनी मिट्टी के बर्तन, **3** (*attrib*) *fig* नाज़ुक, सुकुमार, **4** ~ **clay** चीनी मिट्टी; ~**-shell** कौड़ी

porch पॉर्च *n* **1** मकान के प्रवेश-द्वार तक का खंभेदार छतवाला रास्ता, द्वारमंडप, ड्योढ़ी, बरसाती, **2 the P**~ ऐथन्स में ज़ीनो (Zeno) और उसके शिष्यों का गोष्ठी-स्थल, *fig* ग्रीक दर्शन का तितिक्षवादी सिद्धान्त और संप्रदाय [see Academy, Garden, Lyceum]

porcine पॉर्-साइन *a* सूअर का, सूअर-जैसा, शूकरीय

porcupine पॉर्-क्युपाइन *n* **1** चूहे-जैसा जन्तु जिसकी पीठ और पूंछ पर नुकीले कांटे होते हैं, साही, शल्यक, **2** *attrib*: (साही-जैसा) कांटेदार; ~ fish साही (समुद्री) मछली; **porcupinish**, **porcupiny** *aa* (साही-जैसा) कांटेदार

pore^1 पॉर *n* **1** सूक्ष्म छिद्र (जिसमें से द्रव निकल सके), सूराख़, रन्ध्र, **2** *anat* रोमकूप, लोमकूप

pore^2 *vi* **1** to ~ **over** a book, newspaper, etc. पुस्तक आदि पढ़ने में तल्लीन होना, पुस्तक का अनुशीलन या परिशीलन करना, **2** to ~ **over** a subject विषय पर चिन्तन या मनन करना, **3** *arch* टकटकी बांधकर देखना [to ~ at, on, over]

pork पॉर्क *n* सूअर का मांस; **porker** पॉर्कर *n* **1** मांस के लिए पाला गया सूअर; **2** मोटा सूअर; **porkling** पॉर्क्लिङ्ग *n* छोटा सूअर, सूअर का बच्चा, घेंटा; **porky** पॉर्कि *a* (*colloq*) मांसल, मोटा-ताज़ा

pornographic पॉर्-न-ग्रैफ़िक *a* (see foll) अश्लील, घासलेटी

pornography पॉर्-नॉग्रफ़ि *n* **1** वेश्याओं के रहन-सहन और रंग-ढंग का वर्णन, अश्लीलता का वर्णन, **2** अश्लील साहित्य, घासलेटी साहित्य

porosity पॉरॉसिटि, **porousness** *nn* छिद्रिलता; रोमकूपमय होना

porous पॉरस 1 छिद्रमय, छिद्रिल, सरन्ध्र, झिरझिरा, छलनीदार, जिसमें से द्रव निकल सके, 2 (of skin) रोमकूपयुक्त

porphyry पॉर्-फ़िरि *n* (*geol*) ज्वालामुखी की क्रिया से बनने वाला कड़ा पत्थर जिसमें कहीं-कहीं खनिज पदार्थ के खंड होते हैं

porpoise पॉर्पस *n* ह्वेलजातीय स्तनपायी थूथनदार पांच फुट लंबा समुद्री जन्तु, सूंस

porridge पॉरिज *n* दलिया

porringer पॉरिन्जर *n* (शोरबा, दलिया आदि खाने का बच्चों का) कटोरा

port^{1} पॉर्ट *n* 1 बन्दरगाह, पत्तन, ~ **of call** पड़ावपत्तन, 2 बन्दरगाह वाला नगर (also ~**-town**), 3 **free port** (i) (सब व्यापारियों के लिए) खुला बन्दरगाह; (ii) वह क्षेत्र जहां आयात-निर्यात पर शुल्क नहीं लगता, कर-मुक्त बन्दरगाह, 4 **port authority** पत्तन-निकाय, ~ **charges**, ~ **dues** बन्दरगाह पर देय शुल्क या टैक्स, पत्तन-शुल्क; **port trust** पत्तन-प्रवन्ध(क)

port^{2} *n* (*naut*) 1 जहाज में जाने, सामान लादने आदि के लिए द्वार, 2 *mech* भाप, पानी आदि निकलने का छिद्र, 3 **port-hole** जहाज या विमान की दीवार में हवा और रोशनी के लिए ढक्कनदार झरोखा, मोखा, मूक

port^{3} *vt* (*mil*) **to** ~ **arms** राइफ़ल आदि को छाती के पास लाकर उसे इस प्रकार तिरछा थामना कि उसकी नाली बायें कंधे के सामने हो; **Port arms!** बायें शस्त्र !

port^{4} *n* & *vt* & *i* (*naut*) जहाज या विमान का बायां बाजू, वाम पार्श्व, *vt* to ~ the helm पतवार को बायें हाथ घुमाना, *vi* (of ship) बायें हाथ घूमना

port^{5} *n* (पुर्तगाल की) लाल शराब

portability *n* सुवाह्यता

portable पॉर्ट-बल *a* जिसे आसानी से उठा कर ले जाया जा सके, हलका, सफ़री, सुवाह्य

portage पॉर्टिज *n* 1 (माल आदि का) परिवहन, संवहन, ढुलाई, 2 परिवहन का भाड़ा, ढुलाई, 3 दो नदियों के बीच नावों या माल की ढुलाई, 4 वह स्थान जहां नावों या माल को दूसरी नदी तक ढो कर ले जाना आवश्यक हो; संवहन पत्तन

portal^{1} पॉर्टल *n* द्वार, मुख्य द्वार, सिंहद्वार, प्रवेश-द्वार, फाटक, ~**-to-**~ **pay** वेतन जिसमें कारखाने के मुख्य द्वार में प्रवेश से ले कर कार्यस्थल तक जाने में तथा काम के बाद मुख्य द्वार तक लौटने में लगे समय के लिये मुआवज़ा भी शामिल हो, मुख्यद्वार से मुख्यद्वार तक का वेतन

portal^{2} *a*. ~ **vein** जिगर आदि में रुधिर पहुंचाने वाली नाड़ी, निवाहिका शिरा

portamento पॉर्टमेन्टो *n* (*mus*) घसीट

portative पॉर्ट-टिव *a* 1 ढोने या सहारा देने के काम आने वाला, वाहक; 2 *hist* सुवाह्य

portcullis पोर्ट्-कलिस *n* (दुर्ग आदि का भारी एवं जालीदार) उठाऊ फाटक

portend पॉर्टेन्ड *vt* शकुन होना, (भावी घटना का) लक्षण होना, संकेत होना, पूर्वसूचक होना, पूर्वसूचना देना [These clouds ~ a storm]

portent पॉर्टेन्ट *n* 1 (आपत्ति या अनिष्ट का) संकेत, लक्षण, अपशकुन, 2 अद्भुत या विलक्षण वस्तु, चमत्कार

portentous पॉर्टेन्टस *a* 1 अनिष्ट का सूचक, अमंगलसूचक, अशुभ, 2 भयङ्कर, बीभत्स; 3 विलक्षण, चमत्कारी

porter^{1} पॉर्टर *n* द्वारपाल, दरबान

porter^{2} *n* 1 *rail* असबाब या सामान उठाने वाला, कुली, (in market) पल्लेदार, मजदूर; 2 (at hotel) छोकरा, बैरा; **porterage** पॉर्ट-रिज *n* 1 (सामान की) ढुलाई, वहन, 2 ढोने की मजदूरी, ढुलाई

portfire पॉर्ट्-फ़ाइअर *n* 1 विस्फोटक को सुलगाने का पलीता या वत्ती, 2 राकेट छोड़ने का यन्त्र

portfolio पॉर्ट्-फ़ोलिओ *n* 1 कागज़-पत्र रखने का चमड़े का थैला, बैग, बस्ता, 2 मन्त्री का पद, कार्य, विभाग; **minister without** ~ निर्विभाग मन्त्री

portico पॉर्-टिको *n* स्तम्भावली पर खड़ी छत (जो प्राय: इमारत की ड्योढ़ी का काम देती है, ड्योढ़ी, बरसाती, द्वार-मंडप

portion पॉर्शन *n* & *vt* 1 (बटवारे में) भाग, हिस्सा, अंश, 2 a portion (वस्तु का) भाग, खंड, अंश [a ~ of my money, land, etc.], 3 दहेज (also marriage-~), 4 भाग्य, किस्मत [suffering is our ~ here below], *vt* 1 वस्तु के हिस्से करना [to ~ an estate]; 2 हिस्सा देना, [to ~ sth to so], बांट देना [to ~ sth out **(among, between)**, 3 दहेज देना

portly *a* 1 मोटा, स्थूल, स्थूलकाय, 2 *arch* शानदार, भव्य (आकृति का), रोबीला

portmanteau पॉर्ट्मेन्टो *n* चमड़े का सूटकेस (जिसका ढक्कन और नीचे का भाग बराबर होते हैं)

portrait पॉर्ट्रिट *n* 1 चित्र, तस्वीर, प्रतिकृति, फ़ोटो-चित्र, 2 *fig* नमूना, प्रतीक, 3 शब्दचित्र, चित्र खींच देने वाला वर्णन, सजीव वर्णन

portraiture पॉर्ट्रिचर *n* 1 चित्र बनाना, चित्रण, चित्रकला, 2 चित्र, 3 सजीव वर्णन

portray पार्-ट्रे *vt* 1 चित्र बनाना, चित्रित करना, 2 शब्द-चित्र प्रस्तुत करना, सजीव वर्णन करना; **portrayal** पॉर-ट्रेअल *n* शब्द-चित्र, सजीव वर्णन; **portrayer** *n* 1 सजीव वर्णन करने वाला, 2 चित्रकार

portress पॉर्ट्रिस *n* द्वारपालिका, द्वारपालिन

Portuguese पॉर्चुगीज़ *a* & *n* पुर्तगाल का (निवासी), पुर्तगाली (व्यक्ति, भाषा)

pose^1 पोज *n* 1 (शरीर की) मुद्रा, ठवन, अंग-विन्यास, आसन, 2 ढोंग, दिखावा [His philanthropy is a mere ~]

pose^2 *vt* & *i* 1 कहना, प्रस्तुत करना, सामने रखना, पेश करना, to ~ a question प्रश्न उठाना, 2 (चित्र खींचने के लिए) मुद्रा-विशेष में बिठाना या खड़ा करना, 3 *vi* (चित्र खिचवाने के लिए) मुद्रा-विशेष में बैठना या खड़ा होना, 4 ढोंग रचना, बन बैठना [to ~ as a scholar]

pose^3 *vt* प्रश्न आदि से (व्यक्ति को) चकरा देना, चक्कर में डाल देना, घबरा देना

poser पोजर *n* 1 प्रश्न उठाने वाला, 2 चकरा देने वाला प्रश्न, कठिन प्रश्न या समस्या

posh पॉश *a* (*sl*) शानदार, भव्य, सुन्दर [a ~ house, hotel]; बना-ठना, फैशनेबुल [~ person, clothes]

posit पॉज़िट *vt* 1 *log* सत्य मान लेना, (शर्त) रखना, (सिद्धान्त) प्रतिपादित करना, 2 रखना, स्थापित करना [~ed by natural agency]

position^1 प-ज़िशन *n* 1 रुख़, रवैया, दृष्टिकोण [to take up a ~ on a question], 2 जगह, स्थल, स्थान, अवस्थान, स्थिति, अवस्थिति; **in position** अपनी या ठीक जगह पर, **out of position** अपनी जगह से हटा या सरका हुआ, विस्थापित, 3 *mil* ठिकाना, मोर्चा [to storm the enemy ~s], 4 स्थिति, परिस्थिति, हालत, अवस्था [**in a ~ to do sth**], 5 पद, ओहदा, 6 ~ of trust ज़िम्मेदारी का पद, 7 सामाजिक स्थिति, स्तर, दर्जा, हैसियत, प्रतिष्ठा; people of ~ उच्च वर्ग के लोग. प्रतिष्ठित जन, 8 (आपेक्षिक) स्थान, जगह [~ in the class. competition, etc]

position^2 *vt* 1 (जगह पर) रखना, स्थापित करना. तैनात करना, 2 (नक़्शे पर) स्थान निर्धारित करना

positive पॉज़ि-टिव *a* 1 निश्चित, निश्चयात्मक, सन्देहरहित, सुस्पष्ट, पक्का, ~ assertion सुस्पष्ट कथन, ~ **proof; proof** ~ पक्का प्रमाण, 2 *law* सकारात्मक, सकारी, 3 वास्तविक, सच्चा, सचमुच का, प्रामाणिक [a ~ miracle], 4 (of person) जिसे दृढ़ निश्चय या विश्वास हो, दृढ़निश्चयी, विश्वस्त, विश्वासी [I am ~ of my facts]; स्पष्टवादी, दो-टूक बात करने वाला, 5 ~ **philosophy** तथ्यों पर आधारित दर्शन, व्यावहारिक दर्शन; 6 *math* घनात्मक, धन-, ~ quantity धनराशि; ~ sign धन-चिन्ह, *electr* धनात्मक, 7 (*gram*) positive (degree of) adjective सामान्य विशेषण, (विशेषण की) सामान्य कोटि, 8 *photo* पाज़िटिव, सहिक, जिसमें मूल पदार्थ के छाया या प्रकाश वाले स्थान ज्यों के त्यों हों, 9 *n* 1 सामान्य कोटि, 2 सामान्य कोटि का विशेषण, 3 पाज़िटिव फ़ोटो; 4 *math* धनराशि, **~ly** *adv* 1 निश्चय ही, निस्सन्देह, अवश्यमेव, 2 निश्चयपूर्वक [I can't speak positively]; **~ness** *n* निश्चय, निश्चितता, निश्चयात्मकता

positivism पॉज़िटिविज़म *n* (*phil*) प्रत्यक्ष एवं अनुभूतिगम्य तथ्यों पर आधारित सिद्धान्त, प्रत्यक्षवाद; **positivist** *n* प्रत्यक्षवादी; **positivistic** *a* प्रत्यक्षवादी

positivity पॉज़ि-टिविटि *n* निश्चयात्मकता

positron पॉज़ि-ट्रॉन *n* (*phys*) धन विद्युत्युक्त कण, धनविद्युदणु, धनाणु (cf electron & neutron)

posology पसॉल-जि *n* औषधों की उचित मात्रा की विद्या, औषधमात्रिकी

posse पॉसि *n* 1 (पुलिस की) टुकड़ी, (आरक्षी-) दल, 2 दल, जत्था, टोली, मंडली

possess प-ज़ेस *vt* 1 (वस्तु, जायदाद आदि का) स्वामी या मालिक होना, (वस्तु) अपनी होना, 2 में (गुण, योग्यता आदि) होना, (गुण से) सम्पन्न होना, 3 **to ~ oneself** अपने ऊपर काबू रखना, धैर्य रखना, न घबराना, सुध-बुध न खोना, होश-हवास कायम रखना, 4 (of demon or spirit) ग्रस्त करना, (usu in *pass*) **to be ~ed (by a demon)** भूताविष्ट या भूतग्रस्त होना, (*fig*) **to be ~ed by** *or* **with an idea** विचार मन में बैठ जाना, किसी बात का ख़ब्त होना, 5 to ~ oneself of sth (*arch*) वस्तु पर अधिकार या कब्ज़ा कर लेना, अपना बना लेना; **to be ~ed of** (a property etc) (मकान आदि जायदाद का) मालिक होना

possessed पज़ेस्ट *a* भूताविष्ट, भूतग्रस्त (also see prec, 4)

possession प-ज़ेशन *n* 1 स्वामित्व, मिल्कियत, to have sth in one's ~ वस्तु का स्वामी होना, वस्तु अपने पास होना, 2 कब्ज़ा, अधिकार, दख़ल, भोग [to take, get, ~ **of** sth], 3 **to be in ~ of** sth वस्तु अपने पास होना [My brother is in ~ of a fine specimen]; **to be in the ~ of** s.o. किसी के अधिकार या कब्ज़े में होना, के द्वारा अधिकृत होना, के पास होना [The specimen is in the ~ of my brother], 4 अपनी वस्तु, मिल्कियत; in *pl* **possessions** (i) जायदाद, सम्पत्ति; (ii) अधिकृत या अधीन प्रदेश या इलाके [the British ~s]

possessive प-ज़ेसिव *a* 1 अधिकार करने का, अपना बनाने का [~ instinct], 2 *gram* स्वत्वबोधक, संबंधवाचक, ~ pronoun [*e.g.* my, mine, his, ours], ~ **case** संबंधकारक [*e.g.* John's], *n* **the** ~(= ~ case) संबंध कारक

possessor पज़ेसर *n* 1 स्वामी, मालिक, 2 कब्ज़ा करने या रखने वाला, कब्ज़ेदार, भोक्ता, दख़लदार, दख़लकार

possessory पज़ेसरि *a* कब्ज़ा-विषयक, कब्ज़ा लेने का [~ action]

possibility पो॑सि-बिलिटि *n* 1 संभावना, संभाव्यता, संभवता, शक्यता, 2 जिसका अस्तित्व संभव हो, संभव वस्तु [The abominable snowman is a ~], 3 संभव घटना, संभावना [There are three possibilities]

possible पो॑सि-बल *a* & *n* 1 जो हो सके, संभव, संभाव्य, संभावित; जो किया जा सके, शक्य, साध्य, 2 जो बहुत अच्छा तो न हो पर जिससे काम चल सके, गुज़ारे के लायक, स्वीकार्य [He is the only ~ man for the post]; *n* संभव बात या काम, to do one's ~ यथासंभव प्रयत्न करना

possibly पो॑सिब्लि *adv* 1 संभवत:, शायद, स्यात्, 2 I cannot possibly do it मैं ऐसा कभी या बिल्कुल नहीं कर सकता

post^1 पोस्ट *n* & *vt* 1 स्तंभ, खम्भा [lamp-~]; बल्ली, खूँटा; bed-~ पलंग का पाया, 2 (starting) ~ दौड़ आरंभ करने का खंभा; **to be left at the ~** शुरू में ही बहुत पीछे रह जाना, (winning) ~ दौड़-समाप्ति का खंभा, **to be beaten at the ~** अन्तिम क्षण में हार जाना; *vt* 1 **to ~ (up) bills etc** इश्तहार लगाना, चिपकाना, 2 इश्तहार लगाकर (तथ्य आदि) विज्ञापित या घोषित करना; to ~ up a ship as missing घोषित करना कि अमुक जहाज़ लापता है, 3 (दीवार आदि पर) इश्तहार लगाना

post^2 *n* 1 *hist* डाक ले जाने वाला घुड़सवार, डाक ले जाने वाली घोड़ागाड़ी, 2 (निकलने वाली) डाक, I missed the morning post मैं सवेरे की डाक से (पत्र) नहीं भेज सका, 3 (मिलने वाली) डाक [The ~ has come; I had a heavy ~ today], 4 to send sth **by post** डाक से भेजना, डाक में डालना; **by return of post** लौटती या वापसी डाक से, 5 डाकख़ाना, चिट्ठी डालने का बंबा [Take it to the ~], 6 *comb*: **~-bag** डाक का थैला, **~-chaise** (पोस्ट शेज़) *hist* डाक (या यात्री) ले जाने वाली घोड़ा-गाड़ी, **~-free** बिना डाक-खर्च, डाकव्यय-मुक्त, **~-haste** *adv* (*arch*) बहुत जल्दी, तेज़ी से, अति शीघ्र, **postman** डाकिया, **postmark** डाक की मोहर, **post office** (i) डाकघर, डाकख़ाना, (ii) डाक-विभाग; **post-paid** *a* जिस पर डाक-व्यय पहले से दिया हुआ हो, डाकव्यय प्रदत्त

post^3 *vi* & *t* 1 *hist* शीघ्रता से यात्रा करना, 2 *vt* (पत्र आदि) डाक में डालना, डाक से भेजना, 3 (*book-keep*) to ~ an entry इन्दराज करना, खाते में चढ़ाना; to ~ (up) the ledger खाता-वही पूरी करना; 4 *fig* **to keep s.o. ~ed with sth** किसी को किसी विषय में सूचना देते रहना

post^4 *n* 1 (सैनिक आदि के तैनात होने की) जगह, स्थान, स्थल; *fig* नियुक्ति-स्थान; कर्तव्य-स्थान, 2 *mil* चौकी, मोर्चा, किला; चौकी पर तैनात सिपाही (-वर्ग), सैनिक टुकड़ी, 3 पद, ओहदा, नौकरी, to take up one's ~ पद (का कार्यभार) संभालना, 4 (*mil*) **first post** रात्रि-विश्राम का पहला बिगुल, **last post** (i) रात्रि-विश्राम का अन्तिम बिगुल, (ii) अन्त्येष्टि-बिगुल, मातमी बिगुल, शोक-बिगुल

post^5 *vt* 1 (सैनिक, पहरेदार आदि) तैनात करना, 2 (*mil*) to be ~ed **to** a unit यूनिट में भेजा या लगाया जाना; to ~ s.o. as captain कप्तान नियुक्त करना

postage पोस्टिज *a* डाक-ख़र्च, डाक-व्यय, डाक-शुल्क, ~ stamp डाक-टिकट; डाक-शुल्क की मोहर

postal पोस्टल *a* डाक का, डाकख़ाने का, डाक-विभाग का

post-date *n* & *vt* बाद की तारीख़, उत्तरदिनांक, *vt* बाद की तारीख़ डालना; **post-dated** *a* उत्तर-दिनांकित, बाद की तारीख़ का

poster पोस्टर *n* 1 (चिपकाने का) इश्तहार, विज्ञापन (-पत्र), 2 इश्तहार चिपकाने वाला (also bill-~)

posterior पॉस्-टिअ-रिअर *a* & *n* बाद का, उत्तरवर्ती, उत्तरकालीन, परवर्ती, पीछे का [~ **to**]; *n* (in *sing* or *pl*) चूतड़, नितम्ब, **~ly** उत्तरकाल में

posteriority पॉस्टिअरिऑ॑रिटि *n* उत्तरकालीनता, उत्तरवर्तिता, परवर्तिता

posterity पॉस्-टे॑रिटि *n* 1 (व्यक्ति के) वंशज, भावी सन्तति या सन्तान, 2 आने वाली पीढ़ियां, भावी पीढ़ियां

postern पो॑स्टर्न 1 (दुर्ग आदि का) पिछला दरवाज़ा, पिछवाड़े का द्वार, पश्चद्वार; 2 पार्श्वद्वार; *attrib* [~ door, gate]

post-facto पोस्ट-फ़ॅक्टो *a* काम हो चुकने के बाद का, कार्योत्तर, घटना के बाद का, ~ sanction कार्योत्तर मंज़ूरी

postfix पोस्ट-फ़िक्स *vt* & *n* (शब्द के अन्त में) प्रत्यय लगाना (opp prefix); *n* प्रत्यय

post-glacial *a* (*geol*) हिमयुगोत्तर

post-graduate पोस्ट-ग्रैजुअट *a* स्नातकोत्तर

posthumous पो॑स्-ट्यूमस *a* 1 मृत्यु के बाद होने वाला, मरणोत्तर, मरणोपरान्त (मिलने वाला) [~ award], 2 (of child) पिता की मृत्यु के बाद जन्म लेने वाला, पितृमरणोत्तर जात, (of book) लेखक की मृत्यु के बाद प्रकाशित, लेखक-मरणोत्तर प्रकाशित; **~ly** *adv* मृत्यु के बाद, मरणोत्तर, मरणोपरान्त

postiche पो॑स्टीश *n* नकली या कृत्रिम वेणी

postil पो॑स्टिल *n* 1 *hist* हाशिये पर लिखा टिप्पण, पार्श्वटिप्पणी, 2 टीका, व्याख्या

posting *n* (f. post^5) तैनाती, नियुक्ति, ~ order तैनाती आदेश, नियुक्ति-आदेश; (see post^3 for other senses)

postmeridian पोस्ट्-म-रिडिअन *a* मध्याह्न के

बाद का, मध्याह्लोत्तर

post-meridiem पोस्ट्-म-रिडिअम *adv* मध्याह्न के बाद, मध्याह्नोत्तर, दोपहर बाद; *abbr*: **p.m.** as 3 p.m. etc

post-mortem पोस्ट्-मॉर्टम *a* & *n* मृत्यु के बाद होने वाला, *n* **1** शवपरीक्षा (also ~ examination) **2** *colloq* घटना के बाद उस पर विचार-विमर्श [a ~ of the election etc]

post-natal पोस्ट्-नेटल *a* जन्मोत्तर, प्रसवोत्तर

post-nuptial पोस्ट्-नप्शल *a* विवाह के बाद, विवाहोत्तर

post-obit पोस्ट्-ओ`बिट *a* & *n* मृत्यु के बाद लागू होने वाला, मरणोत्तर-प्रभावी; *n* मरणोत्तर-प्रभावी बन्ध (जिसके द्वारा ऋणदाता कर्ज़दार के संबंधी-विशेष की मृत्यु पर ही अपना रुपया ले सकता है)

postpone पोस्ट्पोन, पस्पोन *vt* **1** (काम) स्थगित करना, मुल्तवी करना, टाल देना, विलम्ब करना, देर करना, **2** (तारीख़) आगे बढ़ाना; ~**ment** *n* स्थगन, विलम्बन

postposition पोस्ट्-पज़िशन *n* बाद में जुड़ने वाला शब्द अथवा प्रत्यय, परसर्ग, (*e.g.* -ness, -hood, -wards, etc)

postprandial पोस्ट्-प्रैन्डिअल *a* (usu joc) भोजनोपरान्त (होने वाला) [~ oratory, nap, blood-test, etc]

postscript पोस्ट्-स्क्रिप्ट *n* (*abbr* P.S.), (पत्र आदि पर हस्ताक्षर कर चुकने के) बाद लिखे शब्द या वाक्य, पश्च लेख, पुनर्लेख; पुनश्च

postulant पो`स्ट्युलन्ट *n* धार्मिक संघ में प्रवेश करने का इच्छुक व्यक्ति, प्रवेशार्थी, दीक्षार्थी, प्रार्थी

postulate^{1} पो`स्ट्युलेट *n* तर्क का आधारभूत तत्त्व, स्वीकृत तथ्य, मानी हुई बात, पूर्वधारणा, अभ्युपगम

postulate^{2} *vt* **1** to ~ (**for**) sth कोई वस्तु मांगना, वस्तु की मांग करना, **2** शर्त रखना, **3** किसी बात को स्वीकृत तथ्य के रूप में प्रस्तुत करना, (सच) मान लेना [to ~ sth]; **postulation** *n* अभ्युपगमन

posture^{1} पो`स्चर *n* **1** (of body) बैठने या खड़े होने का ढंग, अंगविन्यास, ठवन, मुद्रा, भंगिमा, आसन, **2** (of person) वृत्ति, प्रवृत्ति, रुख़, रवैया, **3** (of affairs) स्थिति, परिस्थिति, हालत, अवस्था, रंग-ढंग

posture^{2} *vt* & *i* **1** (व्यक्ति को) मुद्रा-विशेष या आसन-विशेष में बैठाना, ख़ास ढंग से बैठाना, **2** *vi* मुद्रा-विशेष में बैठना, अंग-विन्यास करना, *fig* रुख़ या रवैया अपनाना; ढोंग करना [to ~ as a friend of the poor]

pot^{1} पो`ट *n* **1** (खाने-पीने, पकाने आदि का) बर्तन, पात्र, हांडी हंडिया, देगची, **2** (अन्य प्रकार का बर्तन) मूत्र-पात्र, पेशाबदान; flower-~ गमला, **3** to make the ~ boil जैसे-तैसे निर्वाह करना, रोज़ी चलाना, **to keep the pot boiling** (i) (see boil^{2}, *5*), (ii) कोई काम ज़ोर-शोर से करते रहना, **4** *prov*: **The pot calls the kettle black** दूसरे की ऐसी त्रुटि के लिए निन्दा करना जो अपने में भी विद्यमान हो, स्वयं अंधे का दूसरे को अंधा कहना, चलनी क्या बोले जिसमें बहत्तर छेद, **5** a pot of money, pots of money बहुत-सा धन, **6** a big ~ बड़ा आदमी, प्रतिष्ठित व्यक्ति, **7 to go to the** ~ (*colloq*) बरबाद हो जाना, **8** *comb*: ~**-belly** *n* (i) तोंद, (ii) तोंद वाला, तोंदल; ~**-bellied** *a* तोंदल; **pot-boiler** (i) जीविकार्थ रचित साधारण साहित्य या कलाकृति, (ii) जीविकार्थ काम करने वाला साहित्यकार या कलाकार; **pot-herb** साग-सब्ज़ी (जो घर के बगीचे में उगाई जाए); ~**-hole** (i) (*geol*) चट्टान में बना गहरा बेलनाकार गढ़ा, जलगर्तिका, (ii) मार्ग पर का गढ़ा [a road full of ~-holes]; **pot-house** शराबख़ाना; **pot luck** (किसी के यहाँ तैयार) रूखा-सूखा भोजन, दाल-रोटी [Come and take pot luck with us]; ~**-valiant** जो शराब पीकर दिलेर हो जाए; मद्यवीर

pot^{2} *vt* & *i* **1** (मक्खन आदि) बर्तन में रखना, मर्तबान आदि में परिरक्षित करना, **2** (पौधा) गमले में लगाना, **3** (billiards) थैली में डालना, पिलाना, **4** (शिकार) मारना, **5** (*vi*) **to pot** (at) गोली चलाना, निशाना बनाना [to pot (at) small game]

potable पोट-बल *a* & *n* पीने योग्य, पेय; ~s (*n pl*) पेय (वस्तुएं)

potamic प-टैमिक *a* नदियों का, नदीय

potash पो`टैश *n* मज्जी, खार, पोटाश

potassium प-टैसिअम *n* (*chem*) तत्त्व-विशेष (एक सफ़ेद चमकदार धातु), पोटैशियम, ~ cyanide (*chem*) सफ़ेद रंग का विषैला चूर्ण; ~ permanganate पोटास परमेंगनेट, (पानी में डालने की) लाल दवा

potation प-टेशन *n* **1** पीना पान, **2** घूंट, **3** (usu in *pl*) मद्यपान, नशाख़ोरी, शराब पीने की लत

potato प-टेटो *n* (*pl* ~**es**) आलू; **sweet-~** शकरकन्द

potency पोटन्सि *n* **1** (of ruler) शक्ति, प्रताप, **2** (of argument) बल, ज़ोर, **3** (of drug) प्रभावकारिता, गुणकारिता, शक्ति, ज़ोर, पोटेन्सी, **4** पुरुषत्व, पुंस्त्व, जननक्षमता

potent पोटन्ट *a* **1** (of ruler) शक्तिशाली, प्रतापी, **2** (of motive, argument, etc) प्रबल, ज़ोरदार, अकाट्य, **3** (of drink, drug, etc) तेज़, प्रभावकारी, गुणकारी, ज़बरदस्त, **4** (of man) मैथुनक्षम, संभोगक्षम, जननक्षम

potentate पोटन्टेट *n* शासक, महाराणा, अधीश्वर, सम्राट्

potential^{1} पटे`न्शल *a* **1** संभव, संभाव्य, संभावित

[~, not immediate, dangers], ~ buyer संभावी ख़रीदार; ~ demand सभाव्य मांग, 2 प्रच्छन्न, गुप्त, (प्रयोग में आ सकने वाला किन्तु) अप्रयुक्त [~ resources of a country], 3 ~ **energy** स्थितिज ऊर्जा, 4 (*gram*) ~ **mood** विधिलिङ्; ~**ly** *adv* संभाव्यत:, संभवत:

potential^{2} *n* 1 संभावना, संभाव्यता, शक्यता [In this situation, there is a ~ for communal trouble], 2 संभाव्य साधन, 3 संभाव्य योग्यता, संभाव्य सामर्थ्य [He has yet to realize his full ~], 4 *phys* etc विभव, 5 (*gram*) the ~ विधिलिङ्

potentiality, प-टॅन्शि-ऍलिटि *n* 1 क्षमता, संभाव्य सामर्थ्य [military potentialities of a country], 2 संभावना, संभाव्यता; The situation is full of pontentialities (i) वर्तमान स्थिति में कुछ भी हो या घट सकता है, (ii) स्थिति बड़ी आशाजनक है

potentiometer पटॅन्शि-ऑमिटर *n* (*phys*) विभवमापी

pother^{1} पॉदर *n* 1 धूएं या धूलि का बादल, धूल-धक्कड़, गर्दगुबार, 2 शोर, शोरगुल, कोलाहल, 3 हंगामा, बतंगड, to make a ~ about sth बात का बतंगड़ बनाना

pother^{2} *vt* & *i* 1 हड़बड़ाना, हड़बड़ा देना, घबरा देना, 2 *vi* हड़बड़ा जाना; बात का बतंगड़ बनाना

pot-hole पॉट्-होल *n* (see pot^{1}, 8)

potion पोशन *n* 1 दवा की खुराक; विष का घूंट; 2 love-~ वशीकरण पेय

pot-pourri पो-पुअरि *n* 1 गुलकंद, 2 विविध विषयों के लेखों का संकलन, विविधा; मिश्र-संगीत

potsherd पॉट्शर्ड *n* मिट्टी के बर्तन का टुकडा, ठीकरा

pottage पॉटिज *n* (*arch*) शोरबा; **mess of ~** (see mess *n*)

potter^{1} पॉटर *n* 1 कुम्हार, कुंभकार, कुलाल, 2 ~'s clay कुम्हारी मिट्टी, चिकनी मिट्टी; ~'s kiln आँवाँ; ~'s wheel कुम्हार का चाक

potter^{2} *vi* & *t* 1 फ़ज़ूल कामों में समय गँवाना, 2 अनमनेपन से या बिना क्रम के काम करना [to ~ **at**, **in**, a subject or an occupation], 3 to ~ **about** इधर-उधर फिरना, आवारा फिरना, 4 (*vt*) to ~ **away** one's time समय गँवाना

pottery पॉटरि *n* 1 मिट्टी के बर्तन, मृद्भाण्ड, 2 मिट्टी के बर्तन बनाने का उद्योग, कुम्हारी उद्योग, कुम्हारगीरी, 3 मिट्टी के बर्तनों का कारख़ाना

potty^{1} पॉटि *a* (*sl*) 1 तुच्छ, मामूली, नगण्य [a ~ little state], 2 सनकी, पागल [~ about s.o., sth]

potty^{2} *n* (*colloq*) (बच्चे का) शौच-पात्र, कमोड

pouch^{1} पाउच *n* 1 छोटा थैला, थैली, बटुआ, (बाहर लटका हुआ) जेब, 2 (कंगारू आदि की) शिशुधानी, 3 (of plants) बीजकोष, डोड़ा, 4 तोंद

pouch^{2} *vt* & *i* 1 थैली या जेब में डालना या रखना; (of fish etc) निगलना, 2 (पोशाक के किसी भाग को) थैली की तरह लटकता हुआ बनाना, थैली की तरह लटकाना; *vi* (of dress) थैली की तरह लटकना

poulterer पोल्टरर *n* मुर्ग़ी-विक्रेता

poultice पोल्टिस *n* & *vt* कपड़े पर लगा कर फोड़े आदि पर बांधने के लिए अलसी के तेल आदि का लेप, पुल्टिस; *vt* पर पुल्टिस रखना या लगाना

poultry पोल्ट्रि *n* पालतू मुर्ग़-मुर्गियां, बत्तखें, आदि; ~**-farm** मुर्ग़ीपालन-केन्द्र, मुर्ग़ीख़ाना; ~**-farming** मुर्गीपालन, कुक्कुटपालन

pounce^{1} पाउन्स *n* & *vi* 1 (शिकारी पक्षी का) पंजा, चंगुल, 2 झपट, झपट्टा; to make a ~ on sth किसी चीज़ पर झपटना या झपट्टा मारना; (*vi*) to ~ **upon** sth, s.o. झपटना, झपट्टा मारना, टूट पड़ना, पकड़ लेना, दबोचना; (*fig*) to ~ **on** a mistake झट से ग़लती पकड लेना

pounce^{2} *n* & *vt* 1 स्याही सोखने का महीन चूर्ण, 2 कोयले का चूर्ण जो छिद्रिल आकृति या नमूने पर छिड़का जाता है जिससे कि उसके नीचे भी वैसा ही नमूना बन जाता है, पाउंस, 3 झांवां; *vt* 1 झांवें से रगड़ कर साफ़ करना, मुलायम करना, 2 चूर्ण छिड़क कर (नमूना) उतारना [to ~ a design]

pound^{1} पाउन्ड *n* 1 (*abbr* lb) पौंड (=लगभग ½ सेर), ~ of flesh (*fig*) विधिमान्य किन्तु अत्यन्त अनुचित मांग, 2 (symbol: £) ब्रिटिश मुद्रा, पौंड, पाउंड; **to be penny wise and ~ foolish** (see penny)

pound^{2} *n* & *vt* 1 आवारा पशुओं को बंद रखने की जगह, पशु-अवरोधशाला, कांजी-हाउस, 2 वह स्थान जहां ज़ब्त किए हुए पशुओं या माल-सामान या गाड़ियों को तब तक रखा जाता है जब तक कि जुर्माना आदि देकर उन्हें छुड़ाया नहीं जाता, 3 (गाय-भैंसों का) बाड़ा, घेरा, 4 (गाड़ियों की) अवरोधशाला; *vt* 1 (आवारा पशुओं को) कांजी-हाउस में बन्द करना, 2 (गाडियों को) अवरोधशाला में रखना

pound^{3} *vt* 1 (मूसल आदि से) कूटना, दलना, पीसना, चूरा करना, कुचलना, 2 घूंसे मारना, खूब मारना, तड़ातड़ मारना, कचूमर निकालना, 3 (*mil*) **to ~ a position** मोर्चे पर धड़ाधड़ गोले बरसाना, तोड़फोड़ डालना, भारी नुक्सान पहुंचाना, 4 (*vi*) to ~ **at, on, away at,** sth सख़्त प्रहार करना, ज़ोर से टक्कर मारना या टकराना, (किवाड़) ज़ोर-ज़ोर से खटखटाना, 5 to ~ **along** (the road) भारी कदमों से चलना, धम-धम करके चलना

poundage *n* 1 प्रति-पौंड (धन पर) शुल्क या दलाली, 2 व्यवसाय के कुल लाभ (की पौंड-राशि) का प्रतिशत (जो वेतन आदि के रूप में दिया जाये),

प्रति-पौंड वेतन या बोनस, 3 प्रति-प्रौंड (भार पर) कर या शुल्क

poundal पांउडल *n* (*phys*) बल की इकाई

pounder^1 पाउन्डर *n* कूटने का उपकरण, मूसल, मुगरा, मुंगरी, ऊखल, ओखली

pounder^2 *n* 1 एक पौंड (मूल्य या भार) की चीज़, 2 एक पौंड के गोले की तोप, 3 (with number prefixed) इतने पौंड मूल्य या तौल की चीज़, ten-~ दस पौंड का नोट; thirty-~ तीस पौंड के गोले की तोप

pour^1 पॉर *vt & i* 1 उंडेलना [to ~ out (the) tea etc], बहाना, प्रवाहित करना; **to ~ oil on the flames** आग में घी डालना, क्रोध या लड़ाई-झगड़े को और भड़काना, **to ~ oil on the waters** *or* **on troubled waters** (see oil^1, 2); **to pour cold water on** s.o., s.o.'s zeal किसी का उत्साह भंग करना (also see water^1, 3); **2** (भावनाएं) जी खोलकर व्यक्त करना [to ~ out grief, anger, etc], **3** वर्षा करना, बौछार करना [to ~out threats etc]; **4** *refl* (नदी का) गिरना [The river ~s itself into the sea], **5** *vi* बहना, बह निकलना; प्रवाहित होना, **6** बड़ी संख्या या मात्रा में आना या जाना [to ~ **in, out of,** the theatre], तांता लगना, तांता बंध जाना [Tourists, letters, are ~ing in], **it never rains but it pours** (*fig*) कई मुसीबतें (या अन्य घटनाएं) एक साथ आती हैं, 7 (of rain) मूसलाधार बरसना [It is ~ing]; ~ing *a* मूसलाधार [He came here in ~ing rain]

pour^2 *n* 1 मूसलाधार वर्षा, 2 उंडेली गई द्रव धातु की मात्रा

pourboir पुअर्-ब्वार *n* बख्शिश [F *lit* चाय-पानी के लिए]

pourparler F पुअर्-पार्ले *n* (usu in *pl*) विधिवत बातचीत से पहले होने वाला विचार-विनिमय, अनौपचारिक बातचीत, प्रारंभिक वार्ता

pout^1 पाउट *n* मछलियों की एक जाति, पाउट मछली

pout^2 *vi & t & n* 1 (होंट) लटकना, 2 *vt* to ~ **the lips** (i) होंट लटकाना, (ii) नापसंदगी या अप्रसन्नता व्यक्त करना, मुंह फुलाना, खीझना; *n* 1 होंट का लटकना, 2 **to have the pouts, to be in the pouts** खीझना, नापसंदगी व्यक्त करना

pouter पाउटर *n* 1 होंट लटकाने वाला व्यक्ति; 2 (गले को बहुत फुला सकने वाले) कबूतरों की जाति

poverty पोवर्टि *n* 1 निर्धनता, दरिद्रता, ग़रीबी, कंगाली [to live **in** ~], 2 (गुण, वस्तु आदि की) कमी, कसर, अपर्याप्तता, अभाव [~ of ideas], 3 हल्कापन, तुच्छता, घटियापन [~ of expression], 4 (of soil) अनुर्वरता, **5 poverty line** जीवन की आवश्यकताएं ख़रीदने के लिए अपेक्षित निम्नतम आय, निर्धनता स्तर या रेखा; **~-stricken** (i) निर्धन, दरिद्र, ग़रीब, दीन-दुःखी, (ii) *fig* a ~-stricken language अपर्याप्त शब्दावली वाली भाषा, दरिद्र या असंपन्न भाषा

powder^1 पाउडर *n* 1 चूर्ण, चूरा, बुकनी, बूरा, 2 (मुंह आदि पर लगाने का) पाउडर, 3 (medicine) चूर्ण, चूरन, 4 बारूद (also **gun-~**); **smell of powder** युद्ध का अनुभव; to keep one's ~ dry युद्ध आदि के लिए तैयार रहना; **not worth ~ and shot** इतना लाभदायक नहीं कि उसके लिए युद्ध या यत्न किया जाए, अति तुच्छ; **~-magazine** बारूदघर, बारूदख़ाना; **~ snow** चूर्णी बर्फ़; **~y** *a* 1 चूर्ण-जैसा, चूर्णवत्, चूर्णी [~*y* snow]; 2 पाउडर-लगा, धूलिधूसरित, 3 भुरभुरा [~y plaster]

powder^2 *vt* 1 चूर्ण या चूरा छिड़कना, बुरकना 2 (मुंह आदि पर) पाउडर लगाना, 3 चूरा करना, पीसना (esp. in *pp* as powdered sugar)

power^1 पाउअर *n* [*N.B* Most of the senses can be conveyed by शक्ति & अधिकार] 1 (physical) शक्ति, बल, ज़ोर, ताकत, 2 (मन, इन्द्रियों की) शक्ति, दिमाग़ी ताकत [His ~s are failing]; 3 (काम करने की) शक्ति, सामर्थ्य, बस, योग्यता, क्षमता, It is beyond my ~ यह मेरे बस का नहीं है; 4 अधिकार, अधिकार-क्षेत्र, It is beyond my ~s यह मेरे अधिकार(-क्षेत्र) में नहीं है; 5 दूसरे को सौंपा गया अधिकार; **~ of attorney** (see attorney, 1); 6 शासन, शासन-सत्ता, शासनाधिकार, सत्ता; **to come into ~** शासनाधिकार या सत्ता संभालना, **the party in ~** शासक दल, सत्ताधारी या सत्तारूढ़ दल; 7 प्रभावशाली व्यक्ति; **the ~s that be** सत्ताधारी व्यक्ति या वर्ग, अधिकार-संपन्न लोग, (वर्तमान) अधिकारी-वर्ग, 8 अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में प्रभाव रखने वाला देश, प्रभावशाली राष्ट्र, **the Great Powers** शक्तिशाली तथा बड़े राष्ट्र, बड़ी शक्तियां, 9 (*math*) किसी संख्या को अपने से गुणा करने पर प्राप्त होने वाली संख्या, घात, 10 यन्त्र-शक्ति, बिजली, विद्युत्, विद्युत्-शक्ति [~ shortage etc], *attrib* बिजली का, बिजली से चलने वाला [~-house, ~-loom, ~-station, etc), 11 (लेन्स की) आकार बढ़ाने की शक्ति, 12 **power politics** अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में बल-प्रयोग (की धमकी) पर आधारित नीति, बलप्रयोग की राजनीति, **~ struggle** सत्ता हथियाने का संघर्ष (see 6 above)

power^2 *vt* (गाड़ी, जहाज आदि को) शक्तियुक्त करना, बिजली देना

powered *a* (in *comb*) शक्तियुक्त, शक्तिवाला [a high-~ car]; अधिकारयुक्त, अधिकारसंपन्न, अधिकार वाला [a high-~ committee]

powerful *a* 1 शक्तिशाली, सबल [~ adversary, ally, etc]; 2 प्रभावशाली, अमोघ, कारगर [~

remedy]; 3 प्रभावोत्पादक, ज़ोरदार, ज़बरदस्त [~ book, speech, etc]

powerless *a* 1 शक्तिहीन, निर्बल, 2 प्रभावहीन, निष्प्रभाव, बेअसर, 3 अशक्त, असमर्थ [~ to do sth]; लाचार, विवश, मजबूर [~ in the matter]

powwow पाउ-वाउ *n* & *vi* 1 (उत्तर-अमरीकी रेड-इंडियनों में) जादू-टोना करने वाला, जादूगर, ओझा, 2 (राजनीतिक) सम्मेलन, सभा; *vi* 1 जादू-टोना करना, 2 सभा या सम्मेलन करना, बातचीत या विचार-विनिमय करना [to ~ about sth]

pox पॉक्स *n* (*colloq*) उपदंश, आतशक

practicability प्रैक्टि-क-बिलिटि *n* साध्यता, शक्यता, व्यवहार्यता

practicable प्रैक्टि-क-बल *a* 1 जो किया जा सके, साध्य, शक्य, जो बरता जा सके, व्यवहार्य, व्यावहारिक, 2 (of road etc) जिसपर आना-जाना संभव हो, यात्रा-योग्य, परिवहन-योग्य

practical प्रैक्टिकल *a* & *n* 1 जो व्यवहार में आ सके, व्यवहार्य, व्यावहारिक [~ scheme], 2 जो करके दिखाया जाये; करके दिखाने का; क्रियात्मक, प्रयोगात्मक, प्रायोगिक [~ chemistry, physics, etc], 3 कर के दिखाने वाला, क्रियात्मक, व्यावहारिक, व्यवहार-निष्ठ व्यवहारकुशल [~ man], 4 लगभग, जिसे एक तरह से पूरा ही माना जाए [~ unanimity]; *n* प्रायोगिक परीक्षा

practicality प्रैक्टि-कैलिटि *n* व्यावहारिकता

practically प्रैक्टिकलि *adv* 1 व्यवहार रूप में, क्रियात्मक रूप में, व्यावहारिक दृष्टि से, 2 लगभग [~ certain]

practice प्रैक्टिस *n* 1 नित्य प्रति का काम, नियम, अभ्यास, आदत, **to make it a ~ to do sth, to make a ~ of doing sth** कोई काम करने की आदत बना लेना या डालना, 2 बार-बार करना, अभ्यास, मश्क़ (It can only be learnt by ~]; I am **out of, not in, ~** मुझे अभ्यास नहीं रहा; *prov*: **P~ makes perfect** अभ्यास से आदमी सिद्धहस्त हो जाता है; 3 रिवाज, प्रथा [the old ~ of *sati*], 4 (डाक्टर, वकील आदि का) व्यवसाय, वृत्ति, काम, पेशा; (डाक्टर के पास आने वाले) मरीज़, गाहक, (वकील के) मुवक्किल [He has a large ~], 5 *arith* व्यवहारगणित, 6 तरीका, पद्धति, कार्यपद्धति, कार्यप्रणाली, 7 आचरण, व्यवहार, अमल, **in ~** व्यवहार में, व्यावहारिक रूप में [It's quite useless in ~]; **to put** (a plan, method, etc) **in(to) ~** कार्यान्वित करना; पर अमल या आचरण करना; 8 **sharp ~** (see sharp)

practician प्रैक्-टिशन *n* व्यवसायी, व्यवसाय विशेष करने वाला (=practitioner)

practise प्रैक्टिस *vt* & *i* 1 (सिद्धान्त आदि पर) आचरण करना, अमल करना [to ~ a principle], 2 (डाक्टर वकील आदि का) व्यवसाय या काम करना [to ~ medicine, also see practising], 3 (सदाचार, सद्गुण आदि की) साधना करना, अभ्यास करना [to ~ penance], 4 (कला, वाद्य बजाने आदि का) अभ्यास करना [to ~ archery, music, the flute, the piano, etc], 5 अभ्यास करना या कराना [esp in *pp*. to ~ oneself, s.o., in a subject etc], 6 *vi* to ~ **up(on)** s.o. (*arch*) ठगना, चकमा देना

practised *a* अभ्यस्त, अनुभव, सिद्धहस्त, मंजा हुआ [a ~ player]

practising *a* जो काम या व्यवसाय-विशेष कर रहा हो (रिटायर न हुआ है); वृत्तिशील [a ~ doctor, lawyer, etc]

practitioner प्रैक्-टिशनर *n* (वि० चिकित्सा-) व्यवसायी; medical ~ डाक्टर, वैद्य, हकीम; general ~ औषधोपचार तथा शल्यचिकित्सा करने वाला

praecocial प्रीकोशल *a* (of bird) जिसके बच्चे अंडों से निकलते ही स्वयं दाना चुग सकें, सहायानपेक्षी

praetor प्रीटर *n* (*Rom his:*) मजिस्ट्रेट, दण्डनायक; **praetorian** प्रिटॉरिअन *n* & *a* 1 मजिस्ट्रेट (का), 2 सम्राट् या सेनापति के अङ्गरक्षक (या अङ्गरक्षकों) का; **praetorium** प्रिटॉरिअम *n* मजिस्ट्रेट का निवास; सेनापति का निवास, राजभवन

pragmatic प्रैग्मैटिक *a* 1 हस्तक्षेप करने वाला, 2 कोरा सिद्धान्तवादी, हठधर्मी; 3 इतिहास के तथ्यों को उनकी शिक्षाप्रदता के अनुसार महत्त्व देने वाला; 4 मामले के व्यावहारिक महत्त्व का ख़्याल रखने वाला; **~ approach** व्यावहारिक दृष्टिकोण

pragmatical *a*=prec 1; **pragmatism** प्रैग्मटिज़म *n* 1 हस्तक्षेप करने का स्वभाव, दस्तन्दाज़ी, 2 कोरी सिद्धान्तवादिता, 3 व्यावहारिक दृष्टिकोण, 4 *philos* यह सिद्धान्त कि सत्य वही है जो व्यवहार में मानव-मात्र के लिए उपयोगी हो, व्यावहारिकताबाद; **pragmatist** प्रैग्म-टिस्ट *n* व्यावहारिकतावादी

prairie प्रेॲरि *n* (उत्तरी अमरीका में) घास का वृक्षरहित विशाल (समतल अथवा ऊंचा-नीचा) मैदान; प्रेयरी; **~ wolf** प्रेयरी (में रहने वाला) भेड़िया

praise प्रेज़ *vt* & *n* 1 प्रशंसा करना, तारीफ़ करना, सराहना करना, बड़ाई करना, गुणगान करना, 2 to ~ God ईश्वर की स्तुति करना, गुणगान करना, कीर्तन करना, *n* प्रशंसा, सराहना, बड़ाई, तारीफ़, **in ~ of** s.o., **of** sth की प्रशंसा में या प्रशंसा करते हुए; **to sing s.o.'s ~s** की बहुत प्रशंसा करना

praiseworthy प्रेज़्वर्दि *a* प्रशंसनीय, श्लाघनीय, श्लाघ्य, स्तुत्य [~ work, effort, etc]

pram *n* प्रैम (*colloq*) *abbr* of perambulator

prance प्रांस *vi* & *n* 1 (of horse) पिछली

टांगों पर खड़ा हो जाना, (इस प्रकार खड़े होकर) उछलना, **2** (of person) उछलना-कूदना [to ~ about], अकड़ कर चलना, *fig* अकड़ना, इठलाना, अपनी शान दिखलाना; *n* उछल-कूद

prandial प्रैन्डिअल *a* (*joc*) भोज या भोजन का

prang प्रैङ्ग *vt* **1** (ऐन लक्ष्य पर) बम गिरना, **2** (विमान या गाड़ी को टक्कर मार कर क्षति पहुंचाना

prank¹ प्रैङ्क *n* **1** उछल-कूद, अठखेली, कल्लोल [to play ~s], **2** नटखटपन, नटखटी, शरारत [to play ~**s on** s.o.], 3 (of machinery) ठीक तरह से न चलना, खड़खड़ाना

prank² *vt & i* **1** *arch* सुन्दर वेश-भूषा करना, बनाव-सिंगार करना, बनना-ठनना [to ~ s.o., oneself, **out**], **2** *arch* (सितारों आदि से) सजाना, अलंकृत करना, a field ~ed **with** flowers यत्र-तत्र खिले फूलों से सुशोभित खेत; **3** *vi* अपनी शान दिखाना, अकड़ना, इठलाना

prate प्रेट *vi & t & n* **1** बेमतलब की बातें करना, बहुत बातें करना, बकबक करना [to ~ about sth], **2** *vt* बकबक में भेद खोल देना [to ~ sth]; *n* बेमतलब की बातें, बकबक; **prater** *n* बकवादी

pratincole प्रैटिङ्कोल *n* अबाबील से मिलता-जुलता पक्षी, घोबैंचा

pratique प्रैटीक *n* (*naut*) (संगरोध-काल की समाप्ति पर या आरोग्य-पत्र दिखाने पर) जहाज़ को बन्दरगाह से संपर्क करने की अनुमति, संगरोधमुक्ति, संपर्क-अनुमति [to admit a ship to ~]

prattle प्रैटल *vi & t & n* **1** तुतलाना, भोली-भाली बातें करना, **2** *vt* भोलेपन से (बात) कह देना, भेद खोल देना, बक देना, *n* तुतलाहट, भोली-भाली बातें, **1** बकबक; बकझक, गपशप; ~**r** *n* भोली-भाली बातें करने वाला, **2** बक्की, बकवासी, बड़बड़िया

prawn प्रॉन *n & vi* झींगा (मछली); *vi* झींगा मछली पकड़ना

praxis प्रैक्सिस *n* **1** रिवाज, प्रथा, **2** (ज्ञान, कला आदि का) प्रयोग, अमल, **3** *gram* अभ्यास

pray प्रे *vi & t* **1** प्रार्थना करना, उपासना करना, वंदना करना, दुआ मांगना [to ~ to God; to ~ **for** sth; I am ~ing **for** his recovery], **past ~ing for** गया-बीता; अत्यन्त निराशाजनक, **2** प्रार्थना करना, अभ्यर्थना करना, याचना करना, मांगना [to ~ **for** sth], **3** *vt* अनुनय-विनय करना, विनती करना, गिड़गिड़ाना [to ~ s.o. **for** sth, **to do** sth; to ~ **that**], 4 Pray consider this कृपया इस पर विचार कीजिए

prayer प्रेॅअर *n* **1** (to God) प्रार्थना, उपासना, वन्दना, आराधना, सन्ध्योपासना, (of Muslims) नमाज़ [to say one's ~s]; **2** [to person] प्रार्थना, याचना, विनती, अनुनय-विनय [He did it at my ~]; **3** प्रार्थित वस्तु, कामना, इच्छा, **4** *comb*: ~**-mat** (of Muslims) मुसल्ला, ~**-meeting** प्रार्थना-सभा; सामूहिक प्रार्थना, ~**-wheel** (लामाओं का) प्रार्थनाचक्र (जिस पर प्रार्थना लिखी रहती है); ~**ful** *a* **1** प्रार्थनाशील, उपासना करने वाला, भक्त-स्वभाव; **2** विनयपूर्ण

preach प्रीच *vi & t* **1** प्रवचन करना, उपदेश देना, व्याख्यान करना; **2** to ~ **to** s.o. किसी को जबरदस्ती उपदेश या सीख देना, **3** *vt* (धर्म का) प्रचार करना [to ~ Buddhism, Hinduism, etc]; to ~ the Gospel ईसाई धर्म का प्रचार करना, 4 (सदाचार, सिद्धान्त आदि का) उपदेश देना, प्रचार करना [to ~ honesty]; **preacher** प्रीचर *n* प्रवचनकर्त्ता, उपदेशक, प्रचारक

preachify प्रीचिफ़ाइ *vi* (*colloq*) प्रवचन या उपदेश झाड़ना

preachy प्रीचि *a* (*colloq*) प्रवचनप्रिय, उपदेश-प्रिय; भाषण या उपदेश झाड़ने वाला

preamble प्री-ऐम्बल *n & vi* (कानून या विधान या दस्तावेज़ की) भूमिका, प्राक्कथन, उपोद्घात, आमुख, प्रस्तावना; *vi* प्राक्कथन या भूमिका लिखना

pre-arrange *vt & i* पहले से (प्रबन्ध) कर लेना, पहले कर रखना; ~**d** *a* पहले से (तय) किया हुआ, पूर्वनिश्चित; ~**ment** *n* पहले से किया हुआ प्रबंध, पूर्वप्रबन्ध

pre-audience प्री-ऑडिन्स *n* अदालत में वकील का दूसरे से पहले बोलने का अधिकार, पूर्व-सुनवाई (अधिकार)

prebend प्रेॅबंड *n* पादरी का वेतन या वज़ीफ़ा, पादरी-वृत्ति, ~**ary** *n* वृत्तिभोगी पादरी

precarious प्रिकेॅअ-रिअस *a* **1** भाग्य पर निर्भर, भाग्याधीन, अनिश्चित [to make a ~ living as an author etc]; **2** जोखिम का, संकटमय, संकटपूर्ण, ख़तरनाक [~ condition of health; ~ situation etc], 3 दूसरे की मर्ज़ी या ख़ुशी पर निर्भर [a ~ possession, tenure, etc], 4 *arch* निराधार [~ assumption]; ~**ness** *n* **1** अनिश्चितता, **2** संकटापन्नता

precative प्रेॅक-टिव *a* =foll

precatory प्रेॅक-टरि *a* (in wills) ~ **words** इच्छाद्योतक या प्रार्थनासूचक शब्द

precaution प्रि-कॉशन *n* **1** दूरदर्शिता, सावधानी, **2** ख़तरे से बचने का उपाय, पूर्वोपाय, पूर्वप्रबन्ध, एहतियात [Take quinine as a ~ against malaria]

precautionary प्रि-कॉश्नरि *a* सावधानी का; एहतियाती

precede प्रि-सीड *vt* **1** (काल या स्थान में किसी से) पहले होना या आना [The week that ~**d** the coronation; the words that ~ this paragraph], पूर्वगामी या पूर्ववर्ती होना; आगे-आगे चलना, **2** से पहले करना या कहना या लिखना,

[to ~ a discourse with the chanting of hymns]; 3 (of person) पदवी में बड़ा होना, श्रेष्ठतर होना, वरीय होना, (of thing) अपेक्षाकृत अधिक महत्त्व का होना, ज़्यादा ज़रूरी होना

precedence प्रे॑सिडन्स *n* 1 पूर्ववर्तिता, पूर्वगामिता, पूर्वता, 2 श्रेष्ठतर या उच्चतर पदवी, वरीयता, श्रेष्ठता [to **have, take,** ~ **of** s.o.], 3 (दूसरे से) पहले आने या पहला स्थान पाने का अधिकार, अग्रता, पूर्वता, पहल [This question takes precedence **over** others]

precedent^1 प्रे॑सिडन्ट *n* 1 पूर्ववर्ती घटना (जिससे बाद की वैसी ही घटना को उचित ठहराया जा सके), (पूर्व) दृष्टान्त, उदाहरण, पूर्वोदाहरण, मिसाल; परम्परा; it is without ~ ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, इसकी कोई मिसाल नहीं मिलती, **to set, create,** a ~ (**for sth**) मिसाल कायम करना; 2 *law* पूर्वनिर्णय (जिसे बाद के निर्णयों का आधार बनाया जाये); नज़ीर, मिसाल; **precedented** *a* जिसका पूर्वोदाहरण मिलता हो

precedent^2 प्रि-सीडन्ट, प्रे॑सिडन्ट *a* पूर्ववर्ती; पूर्वगामी; श्रेष्ठतर

precentor प्रिसे॑न्टर *n* गायकमंडली का अग्रणी, अग्रगायक

precept प्रीसे॑प्ट *n* 1 ईश्वरीय आदेश, 2 (सदाचार का) उपदेश, शिक्षा, नसीहत, सीख [Example is better than ~], 3 *law* आदेश, आज्ञा, हुक्मनामा, 4 नीतिवचन, 5 (सूद पर रुपया लेने या देने का) आदेश, निर्देश

preceptor प्रिसे॑प्टर *n* गुरु, शिक्षक

precession प्रिसे॑शन *n* (*astron*) ~ **of the equinoxes** प्रत्येक नाक्षत्र वर्ष (अर्थात् पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा पूरी करने के वर्ष) में विषुव-संक्रांति का पहले वर्ष की अपेक्षा कुछ जल्दी होना, विषुवसंक्रान्ति की पूर्वता, विषुव अयन

precinct प्रीसिङ्क्ट *n* 1 (गिरजे, मन्दिर आदि का) अहाता, 2 (in *pl*) **the** ~s आस-पास का इलाका या प्रदेश, पास-पड़ोस, परिवेश, 3 सीमा, हद

precious प्रे॑शस *a* & *adv* 1 (*of material things*) बहुमूल्य, कीमती, महार्घ, ~ **metals** सोना, चांदी आदि, ~ **stone** रत्न, मणि, 2 (*of non-material things*) मूल्यवान्, कीमती, अमूल्य, अनमोल [~ words, knowledge, privilege, etc], 3 (of style) प्रयत्नकृत, कृत्रिम, बनावटी, 4 *colloq* (*as intensive*) बहुत बुरा, बहुत, बिल्कुल, सरासर [a ~ fool he is!], बेकार, निकम्मा, तुच्छ; *adv* (*colloq as intensive*) बहुत, अधिक, विशेषत:, to take ~ good care of sth, किसी चीज़ का ख़ास ख़्याल रखना; There is ~ little of it बहुत ही थोड़ा है

precipice प्रे॑सिपिस *n* खड़ी चट्टान, करारा, कगार, पातुक

precipitance प्रि-सिपि-टन्स *n* 1 (घटना आदि की) आकस्मिकता, 2 अविमृश्यकारिता, हड़बड़ी, उतावली

precipitate^1 प्रि-सिपिटट *n* (*chem*) घोल का नीचे बैठ जाने वाला घना अंश, अवक्षेप

precipitate^2 *a* 1 बहुत जल्दी या हड़बड़ी में किया हुआ, ~ flight अतिद्रुत पलायन; ~ departure एकाएक या सहसा प्रस्थान, 2 (of person) जल्दबाज़, उतावला, हड़बड़िया, अविमृश्यकारी; (of act) जल्दबाज़ी का, बेसोचा-समझा, अंधाधुंध; ~ly 1 हड़बड़ी में, हड़बड़ा कर, उतावली में, 2 अंधाधुंध, बेसोचे-समझे

precipitate^3 प्रि-सिपिटेट *vt* & *i* 1 धकेलना, ठेल देना [to ~ a country **into** war], 2 (घटना आदि) समय से पहले या जल्दी या तुरन्त कराना [Intemperance ~d his ruin]; **to** ~ **a crisis** (जल्दबाज़ी करके) संकट पैदा कर देना; 3 *chem* (घोल का घना अंश) नीचे बैठाना या बैठ जाना, अवक्षिप्त करना या होना, 4 *vi* (of vapour) जम जाना, जम कर गिरना, बूंदें बन कर गिरना

precipitation प्रिसिपिटेशन *n* 1 जल्दबाज़ी, हड़बड़ी, उतावली [to act with ~], 2 *chem* अवक्षेपण, अवक्षेप, 3 *meteor* अवपतन, अवपात; ओस या वर्षा या ओलों या बर्फ़ का गिरना; वृष्टिपात, ओलापात, हिमपात; इनकी मात्रा, annual ~ वर्ष की कुल वर्षा, वार्षिक वृष्टिपात

precipitous प्रि-सिपिटस *a* 1 (चट्टान की तरह) एकदम सीधा, खड़ा, 2 = precipitate^2

pre′cis F प्रेसी *n* (*pl* same pronounced प्रेसीज़) संक्षेप, सार, सारांश

precise प्रिसाइस *a* 1 ठीक, बिल्कुल ठीक, सही, ज्यों का त्यों, यथार्थ, परिशुद्ध, 2 सुनिश्चित, नियत, वही, ऐन [at **the** ~ moment], 3 (of person) (i) बारीकियों का ध्यान रखने वाला, (ii) अति नियमनिष्ठ, रीतिनिष्ठ

precisely *adv* 1 यथार्थत:, ठीक-ठीक, सही तौर पर, हूबहू, 2 ठीक, ऐन [at 9 o'clock ~], 3 (in emphatic assent) हां, बिल्कुल, ऐसा ही है

preciseness *n* 1 यथार्थता, शुद्धता, 2 बारीकियों का ध्यान रखने का स्वभाव, नियमनिष्ठा, रीतिनिष्ठा

precisian प्रि-सिश्ज़न *n* (वि० धार्मिक अनुष्ठानों की) बारीकियों का ध्यान रखने वाला, रीतिनिष्ठ, नियमनिष्ठ

precision प्रि-सिश्ज़न *n* 1 यथार्थता, शुद्धता, 2 नाप-तोल की शुद्धता; ~ instrument सूक्ष्म (-मापी) या यथार्थमापी उपकरण

preclude प्रि-क्लूड *vt* 1 रोकना, होने न देना, असंभव कर देना [in order to ~ any doubt, misunderstanding, etc]; 2 to be ~d **from** an opportunity, **from doing** sth अवसर से वंचित रखा जाना, करने से रोका जाना, 3 बाहर रखना, शामिल न करना, आने न देना; **preclusion**

प्रि-क्लूश्जन *n* (see above) निवारण; वंचित रखना; बहिष्करण; प्रतिषेध; **preclusive** *a* निवारणात्मक, निवारक

precocious प्रि-कोशस, 1 (of plant) जल्दी फूलने-फलने वाला, 2 (of person) छोटी आयु में प्रतिभासंपन्न, अकालप्रौढ़, तेज, ~**ness, precocity** प्रिकॉसिटि *nn* अकालपक्वता; अकालप्रौढ़ता

precognition प्रीकॉग्-निशन *n* (*phil*) पूर्वज्ञान

preconceive प्री-कन्-सीव *vt* पहले से कल्पना कर लेना या सोच लेना; ~d idea पहले से सोची हुई बात, पहले से बना विचार, पूर्वधारणा

preconception प्री-कन्-सेॅप्शन *n* 1 पहले से कल्पना कर लेना, 2 पहले से बना विचार या राय या धारणा, पूर्वधारणा, पूर्वग्रह

pre-condition प्री-कन्-डिशन *n* पूर्वप्रतिबन्ध (=condition^1 precedent)

preconize प्री-कनाइज़ *vt* खुले आम एलान करना, सार्वजनिक घोषणा करना, खुले आम प्रशंसा करना या अनुमोदन करना

precursor प्री-कर्सर *n* 1 पहले आने वाला, आगे-आगे चलने वाला, पुरोगामी, किसी के आने की सूचना देने वाला (esp. John the Baptist in relation to Christ), अग्रदूत, *fig* पूर्वसूचना, पूर्वलक्षण, निशानी, 2 पद पर किसी से पहले काम करने वाला, पूर्ववर्ती

precursory प्रि-कर्सरि *a* 1 प्रारंभिक, प्रस्तावनात्मक [~ remarks]; ~ symptoms पूर्वलक्षण, 2 किसी के आने की सूचना देने वाला [~ of]

predacious प्रि-डेशस *a* (of animal) हिंस्र, शिकारी, ~ instinct हिंस्र वृत्ति, हिंस्रता

predate प्री-डेट *vt* 1 पूर्वतिथि डालना, पूर्वदिनांकित करना (see antedate), 2 (किसी ऐतिहासिक घटना से) पहले होना

predatory प्रेॅड-टरि *a* 1 लूटमार करने का, लूटमार करने वाला, डाका डालने वाला, लुंटकवृत्ति, 2 (of animal) हिंस्र, शिकारी

predecease प्रि-डिसीस *vt* & *n* (किसी से) पहले मरना, *n* पूर्वमरण, पूर्वनिधन

predecessor प्रीडिसेॅसर *n* 1 = precursor, 2 पूर्ववर्ती (व्यक्ति या वस्तु), 3 पूर्वज

predestinate^1 प्रि-डेॅस्टि-नट *a* भाग्य में लिखा हुआ, बदा

predestinate^2 प्रि-डेॅस्टिनेट *vt* 1 (of God) (किसी को) मुक्ति के लिए विहित करना, (किसी के) प्रारब्ध में लिखना, 2 पहले से नियत या निश्चित करना

predestination प्रिडेॅस्टि-नेशन *n* 1 (ईश्वर का कुछ मनुष्यों को) आदिकाल से ही मुक्ति के लिए विहित कर देना, मुक्तिविधान, 2 प्रारब्ध, भाग्य, नियति

predestine प्रि-डेॅस्टिन *vt* 1 पहले से नियत या निश्चित कर देना, प्रारब्ध या भाग्य में लिखना, 2 (किसी को) मुक्ति के लिए विहित करना

predetermination प्री-डिटर्मिनेशन *n* 1 पहले से किया हुआ निश्चय या संकल्प, पूर्वनिश्चय, पूर्वसंकल्प, 2 पूर्वनिर्धारण

predetermine प्र-डिटर्मिन *n* 1 पहले से आदेश करना, पूर्वादिष्ट करना, पूर्वविहित करना, 2 पूर्वनिश्चित या पूर्वनिर्धारित करना, भाग्य में लिखना, 3 (of motive) पहले से ही प्रेरित करना [to ~ s.o. to (do) sth]

predial प्रीडिअल *a* 1 भूमिसंबंधी, 2 देहाती, ग्रामीण, 3 (of tenant etc.) कृषिभूमि का

predicable प्रेॅडि-क-ब्ल *a* & *n* (*log*) उद्देश्य के विषय में जो अभिकथित किया जाए, अभिधेय, *n* वाच्य-धर्म, विधेय-धर्म

predicament प्रि-डिक-मन्ट *n* 1 (*philos, log*) विधेय (तत्त्व), 2 कठिन या विकट या विषम परिस्थिति

predicant प्रेॅडिकन्ट *a* & *n* धर्म प्रचार करने वाला (व्यक्ति), प्रचारक

predicate^1 प्रेॅडिकट *n* 1 (*gram, log*) कर्ता या उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा जाये; विधेय [*e.g. mortal* in 'Man is *mortal*'], 2 गुण, विशेषता, लक्षण

predicate^2 प्रेॅडि-केट *vt* 1 (किसी के विषय में) निश्चयपूर्वक (कुछ) कहना, अभिकथन करना; We ~ mortality **about** man हम मनुष्य को मरणधर्मा या मरणशील कहते हैं, 2 *log* उद्देश्य के विषय में (कुछ) कहना

predication प्रेॅडि-केशन *n* अभिकथन, प्रतिपादन, निरूपण, विधेयन

predicative प्रि-डिक-टिव *a* 1 *log* अभिकथनात्मक, विधेय, 2 *gram* विधेय का अङ्गभूत, विधेयस्वरूप, विधेयात्मक. विधेय-विशेषण [*N.B.* A predicative adj. is part of the predicate and comes after the noun it qualifies *e.g.* The dog is *lame* (also see 'attributive')]

predicatory प्रेॅडिक-टरि *a* धर्मप्रचार-संबधी, प्रचारात्मक, उपदेशात्मक

predict प्रि-डिक्ट *vt* पहले से बता देना, भविष्यवाणी करना; ~ **able** *a* जो पहले ही बताया जा सके, जो पहले ही ज्ञात हो सके, पूर्वज्ञेय

prediction प्रि-डिक्शन *n* भविष्यवाणी, भविष्यकथन, पूर्वकथन

predictive प्रि-डिक्टिव *a* भविष्यसूचक, पूर्वकथनात्मक

predictor प्रि-डिक्टर *n* 1 भविष्यवक्ता; प्राक्सूचक, 2 शत्रुविमान की ऊंचाई, गति और दिशा का सूचक यन्त्र

predigest प्री-डाइजेॅस्ट *vt* 1 (भोजन को) सुपाच्य बनाना; 2 *fig* (अध्ययन-सामग्री को) सुबोध बनाना

predilection प्री-डिलेॅक्शन *n* रुचि, अभिरुचि,

पसंद, अच्छा लगना [to have a ~ for sth]

predispose प्री-डिस्पोज़ *vt* 1 पहले से रुझान या झुकाव या प्रवृत्ति पैदा करना, प्रवण करना, पहले से ही राज़ी या तैयार करना [usu in *pass*: to be ~d to mercy, malaria, etc. or to do sth]

predisposition प्री-डिस्प-ज़िशन *n* (पहले से बना) रुझान, झुकाव, प्रवृत्ति, स्वभाव, मिज़ाज, पूर्व-प्रवृत्ति, अनुकूल वृत्ति, प्रवणता [~ to mercy etc]

predominance प्रि-डॉमिनन्स *n* 1 प्रधानता, प्रमुखता, अग्रगण्यता, प्रभुत्व, बोलबाला (होना), 2 (संख्या, मात्रा या परिमाण की अपेक्षाकृत) अधिकता, आधिक्य, प्रचुरता

predominant प्रि-डॉमिनन्ट *a* 1 प्रधान, प्रमुख, मुख्य, प्रबल, 2 (संख्या, मात्रा में) अधिक, सर्वाधिक, **~ly** *adv* 1 मुख्यतया, प्रधानतः, 2 अधिकांश, अधिकतर

predominate प्रि-डॉमिनेट *vi* 1 (किसी पर) प्रभुत्व रखना, हावी होना, (किसी को) वश में रखना [to ~ over s.o.]; 2 किसी से बढ़ कर होना, श्रेष्ठतर या वरीय होना, 3 मुख्य या प्रधान अंश होना, संख्या या मात्रा में सब से अधिक होना [In this park, roses ~]

pre-eminence प्री-ऍमिनन्स *n* श्रेष्ठता, उत्तमता, उत्कर्ष, प्रकर्ष

pre-eminent प्री-ऍमिनन्ट *a* 1 जो दूसरों से कहीं बढ़-चढ़ कर हो, अति श्रेष्ठ, सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम, 2 किसी गुण में दूसरों से उत्कृष्ट [~ in some quality]; **~ly** *adv* अत्यन्त

pre-empt प्री-ऍम्प्ट *vt* 1 पूर्वक्रयाधिकार या हक़-शुफ़ा का प्रयोग करते हुए ख़रीदना, पूर्वक्रय करना, 2 *fig* दूसरों से पहले प्राप्त कर लेना [Mr. B. pre-empted his would-be rivals for the nomination]

pre-emption प्री-ऍम्पशन *n* 1 दूसरों से पहले ख़रीदने का अधिकार, पूर्वक्रयाधिकार, हकशफ़ा, हकशुफ़ा, 2 पूर्वक्रय

pre-emptive प्रीऍम्प्टिव *a* 1 पूर्वक्रयाधिकार का; 2 *mil* शत्रु के संभावित आक्रमण को रोकने के लिए किया जाने वाला, आक्रमणरोधी [We may try a ~ strike]

pre-emptor प्री-ऍम्प्टर *n* पूर्वक्रयाधिकारी, पूर्व-क्रयी

preen प्रीन *vt* 1 चोंच से (पंख) संवारना; 2 (of person) to ~ **oneself** साफ़-सुथरा बनना, स्वच्छ वस्त्र पहनना, बनना-ठनना; to ~ **oneself on** (*fig*) पर गर्व करना, पर आत्मसंतोष व्यक्त करना

pre-established *a* पूर्वसिद्ध, पूर्वप्रमाणित

pre-exist *vi* पहले से (विद्यमान) होना, पहले से अस्तित्व रखना; **pre-existence** *n* पूर्वविद्यमानता, *philo* प्रागभाव; **pre-existent** *a* पूर्ववर्ती, पहले से विद्यमान

prefab प्रीफ़ैब *n* (*colloq*) पूर्वनिर्मित खंडों से बना मकान, पूर्वरचित, पूर्वनिर्मित

prefabricate प्री-फ़ैब्रिकेट *vt* मकान आदि बनाने से पहले उसके खंड तैयार कर लेना (जिन्हें जोड़कर मकान बना लिया जाता है), खंडों का पूर्वनिर्माण करना; **~d** *a* जिसके खंड पूर्वनिर्मित हों, पूर्व-निर्मित खंडों से बना हुआ [~d houses]; **prefabrication** *n* पूर्वनिर्मित खंडों से निर्माण, पूर्व-निर्माण

preface प्रेफ़िस *n* & *vt* भूमिका, आमुख, प्राक्कथन, प्रस्तावना, (भाषण का) आरंभिक भाग, आरंभ, *vt* (पुस्तक आदि की) भूमिका लिखना; (भाषण आदि के) आरम्भ में कहना या करना [He ~d his remarks **with** a sneeze; to ~ sth **by doing sth**]

prefatory प्रेफ़-टरि *a* आरंभिक, भूमिकास्वरूप, प्रस्तावनात्मक

prefect प्रीफ़ेक्ट 1 *Rom ant* (सैनिक या असैनिक) अफ़सर, अधिकारी, 2 (फ्रांस में) विभाग का अध्यक्ष, 3 (कक्षा का) मानिटर

prefecture प्रिफ़ेक्चर *n* (see prec) अधिकारी का पद या कार्यकाल

prefer प्रि-फ़र *vt* 1 (किसी की) पदोन्नति करना, (किसी को) तरक्की देना, 2 (शिकायत, बयान आदि) पेश करना, प्रस्तुत करना [to ~ a complaint to s.o., **against** s.o.]; 3 ज्यादा पसंद करना, ज्यादा अच्छा समझना, तरजीह देना [to ~ sth to sth]; [*N.B.* **prefer** is followed by 'to', '**rather than**', but not 'than'; *e.g.* I prefer to die rather than betray my country.]

preferable प्रेफ़्र-बल *a* [~ to] से अधिक अच्छा, वरीय

preference प्रेफ़्रन्स *n* 1 (एक वस्तु को दूसरी से) अधिक अच्छा समझना, ज्यादा पसंद करना, तरजीह, वरीयता, अधिमान्यता [~ of one thing over another], 2 **in ~ to** (की अपेक्षा) अधिक अच्छा समझते हुए, तरजीह या वरीयता देते हुए, 3 पसंद, रुचि, अभिरुचि [my ~ **for** philosophy], पसन्द की चीज़, अभीष्ट या अभिरुचित पदार्थ [Philosophy is my ~]; 4 *econ* (दूसरे देशों की अपेक्षा) तटकर में रियायत, 5 अधिमान, **preference share** शेयर जिन पर दूसरों से पहले लाभांश दिया जाता है, अधिमान या अधिमानी शेयर

preferential प्रेफ़-रेन्शल *a* 1 वरीयता का, अधिमान्यता का, तरजीही [~ treatment], 2 (व्यापार आदि में) एक देश को दूसरों की अपेक्षा रियायत देने का, रियायती [~ duty, tariff, etc]; **~ism** *n* तटकर में रियायत देने की नीति

preferment प्रि-फ़र्मन्ट *n* तरक्की, पदोन्नति

preferred प्रि-फ़र्ड *a*. ~ shares = preference shares

prefigure प्रीफ़िगर *vt* 1 (भावी वस्तु आदि का) नमूना या प्रतिरूप होना, 2 पहल से मन में चित्र बना लेना, कल्पना करना

prefix¹ प्रीफ़िक्स *n* 1 *gram* उपसर्ग, 2 (नाम से पहले लगने वाली) उपाधि, *e.g.* Mr., Mrs., Dr.

prefix² प्री-फ़िक्स *vt* 1 (पुस्तक आदि के पहले) अध्याय या भूमिकास्वरूप (कुछ) जोड़ना, आदि में जोड़ना, 2 (शब्द के पहले) उपसर्ग लगाना

preform प्रीफ़ॉर्म *vt* पहले से बना देना

preformation *n* (*biol*) Theory of ~ यह सिद्धान्त कि प्राणी या वनस्पति के सब अङ्ग सूक्ष्म रूप में बीज में विद्यमान होते हैं, पूर्वरचना-सिद्धान्त

pregnable प्रे॑ग्न-ब्ल *a* (of fort etc) जिसपर आक्रमण किया जा सके, जिसे सर किया जा सके, विजेय, भेद्य

pregnancy प्रे॑ग्नन्सि *n* 1 गर्भावस्था, गर्भकाल, 2 (of word) अर्थपूर्णता, गूढ़ार्थता, 3 (of event) महत्त्व, महत्त्वपूर्णता

pregnant प्रे॑ग्नन्ट *a* 1 गर्भवती, गर्भिणी, (of animal) गाभिन; 2 (of mind) सूझबूझ वाला, प्रतिभासपन्न, प्रतिभाशाली, 3 ~ **with consequences** जिसके बहुत परिणाम निकलने वाले हों, परिणाम-बहुल; 4 (of words, acts, events) जिसका कोई गूढ़ अर्थ या अभिप्राय हो, अर्थगर्भित, अर्थपूर्ण, महत्त्वपूर्ण

prehensile प्रि-हे॑न्साइल *a* (of tail or limb) जो पकड़ सके, ग्रहणशील, परिग्राही

prehension प्रि-हे॑न्शन *n* 1 पकड़ना, पकड़, ग्रहण, परिग्रहण, 2 समझ, बोध

prehistoric प्री-हिस्टॉ॑रिक *a* पूर्वैतिहासिक, प्रागैतिहासिक

prehistory *n* 1 प्रागैतिहासिक काल, 2 इतिहास के आरंभ से पहले की बातें या घटनाएं, प्रागैतिहासिक वृत या वृत्तांत, प्रागितिहास

prejudge प्री-जज *vt* 1 सुनवाई या जांच से पहले (व्यक्ति को) दोषी ठहराना, 2 समय से पहले ही निर्णय करना या धारणा बनाना [to ~ an issue, a person, etc]

prejudice¹ प्रे॑जुडिस *n* 1 किसी के पक्ष में या विरुद्ध पहले से बनी धारणा, पूर्वधारणा, पूर्वग्रह, अन्धविश्वास; ~ **in favour** of s.o. किसी के प्रति पक्षपात, तरफ़दारी; ~ **against** s.c. किसी के विरुद्ध पूर्वग्रह, किसी के प्रति विरोध की भावना, प्रतिकूल भावना, अच्छा न समझना, 2 हानि, अपकार, क्षति, प्रतिकूल प्रभाव, **without** ~ **to** my rights जिस से कि मेरे अधिकारों पर आंच न आये; **to the** ~ **of** को हानि पहुंचाते हुए, का अपकार करते हुए

prejudice² *vt* 1 पक्षपातयुक्त करना, to ~ s.o. **against** s.o. किसी के बारे में किसी के कान भरना, किसी के विरुद्ध कर देना; to ~ s.o. **in favour of** s.o. किसी के पक्ष में कर देना, 2 हानि या क्षति पहुंचाना, अपकार करना, प्रतिकूल प्रभाव डालना, की वैधता कम कर देना [to ~ a right, claim, statement, etc]; **prejudiced** *a* पक्षपातपूर्ण; पूर्वग्रह पर आधारित, पूर्वग्रही

prejudicial प्रे॑जु-डिशल *a* 1 पक्षपातपूर्ण, एकतरफ़ा, 2 हानिकर, अहितकर, प्रतिकूल, विपरीत [~ to one's rights, interests, etc]; ~ effect प्रतिकूल प्रभाव, हानिकर प्रभाव

prelacy प्रे॑ल-सि *n* (f. foll) धर्माधिकारी का पद या अधिकारक्षेत्र

prelate प्रे॑लट *n* ईसाई धर्म का उच्चपदाधिकारी, बिशप, आर्चबिशप आदि

prelect प्रिले॑क्ट *vt* (वि० विश्वविद्यालय में) व्याख्यान देना, लेक्चर देना

preliminary प्रि-लिमि-नरि *a* & *n* आरंभिक, शुरू का, *n* (*usu in pl*) (अनुष्ठान आदि से) पहले का काम या प्रबन्ध, तैयारी, उपक्रम, (संधि आदि की) प्रारंभिक बातचीत

prelude¹ प्रे॑ल्यूड *n* 1 (कार्य, घटना, अवस्था आदि की) भूमिका, प्रस्तावना, तैयारी [~ to sth], 2 मंगलाचरण, पूर्वरंग (in drama), 3 *mus* आलाप, आरंभिका

prelude² *vt* & *i* 1 (किसी बात की) भूमिका या प्रस्तावना होना, पूर्वसूचना देना, सूचक होना, शकुन होना, पहले आना या होना, 2 प्रस्तावना-सहित प्रस्तुत करना, 3 *vi* (*mus*) आलाप करना

premature प्रे॑म-चर *n* 1 समय से पहले आने या होने वाला, अकाल, अकालिक, असामयिक [~ decay, death]; ~ **baby** जो समय से 3 से 12 सप्ताह पहले पैदा हो, अकालजन्मा शिशु, 2 उतावली का, जल्दबाज़ी का [~ decision, action]; ~**ly** *adv* समय से पहले, असमय

premeditate प्री-मे॑डिटेट *vt* पहले से सोच लेना या ठान लेना (esp in *pp*); ~**d** *a* पहले से सोचा हुआ, पूर्वचिन्तित; **premeditation** प्री-मे॑डि-टेशन *n* पूर्वचिन्तन, पूर्वविचारणा, पूर्वविचार

premier प्रे॑मिअर, प्रीमिअर *a* & *n* (पद या महत्त्व या क्रम या समय की दृष्टि से) प्रथम, सर्वप्रथम [~ place in the race; ~ consideration]; *n* प्रधानमन्त्री; ~**ship** *n* प्रधानमन्त्री (का) पद

première प्रे॑म्ये॑अर *n* (फ़िल्म, नाटक आदि का) प्रथम प्रदर्शन, पहली रात का खेल

premise¹ प्रे॑मिस *n* 1 *log* = premiss; 2 in *pl* (*law*) पूर्वकथित तथ्य, आमुख, आदिखण्ड, 3 in *pl* (पूर्वकथित) स्थान, इमारत, मकान, भवन, अहाता, परिसर, परिसरभूमि; **on the** ~**s** घर, दफ़्तर, होटल, कारखाने आदि (के किसी भाग या अहाते) में

premise² प्रे॑माइज़ *vt* 1 *log* आधार-वाक्य के रूप में कहना [to ~ that. . .], 2 भूमिकास्वरूप कहना, आरंभ में कहना

premiss प्रे॑मिस *n* (*log*) आधार वाक्य, **major**

~ साध्यवाक्य, **minor** ~ पक्ष वाक्य (also see syllogism)

premium प्रमिअम *n* 1 पुरस्कार, इनाम, **to put a ~ on** बढ़ावा देना, प्रोत्साहन देना [This will put a ~ on fraud], 2 बीमा-किश्त, प्रीमियम, 3 मजदूरी या वेतन के अतिरिक्त मिलने वाली राशि, लाभांश, अधिवेतन, बोनस, 4 मुद्राविनिमय की आढ़त, भुनवाई, **to sell at a ~** प्रचलित मूल्य से अधिक पर बेचना, अधिमूल्य पर बेचना, नफ़ा ले कर बेचना, (*fig*) **to be at a premium** अच्छा समझा जाना, आदर पाना

premolar प्री-मोलर *a* & *n* असली चर्वणक से आगे का (दांत), अग्रचर्वणक (see molar^{1})

premonition प्री-म-निशन *n* पूर्वसूचना, पूर्वाभास, पूर्वबोध [~ of a calamity]

premonitory प्रि-मॉनि-टरि *a* पूर्वसूचक

premorse प्रिमॉर्स *n* (*bot*, *entom*) जिसका सिरा कटा हुआ-सा हो, ठूंठा

pre-natal प्री-नेटल *a* जन्मपूर्व, प्रसवपूर्व

prentice प्रेॅन्टिस *n* 1 (*arch*) = apprentice, 2 (*attrib*) ~ **hand** नौसिखिये का हाथ (या काम)

preoccupation प्रि-ऑक्यु-पेशन *n* 1 औरों से अधिक महत्त्व का काम, ज्यादा ज़रूरी काम, ऐसा काम जिसमें व्यक्ति व्यस्त या तल्लीन रहे, व्यस्तता (का कारण), 2 विचारमग्नता, तल्लीनता, तन्मयता, 3 (भूमि, मकान पर) पहले से कब्ज़ा, पूर्वाधिकार

preoccupied *a* 1 दूसरे काम में लगा हुआ, व्यस्त; 2 विचारमग्न, चिन्तामग्न, अन्यमनस्क; 3 (of place) पूर्वाधिकृत

preoccupy प्रि-ऑक्युपाइ *vt* 1 पहले से दूसरे काम में व्यस्त करना, 2 (मन को) विचारमग्न करना; (व्यक्ति को) अन्यमनस्क बनाना, तल्लीन करना, (esp. in *p.p.*) [The minister was preoccupied **with** thoughts of the coming election], 3 पहले से कब्ज़ा या अधिकार कर लेना

prep प्रेॅप *n* & *a* (*colloq*) 1 तैयारी, घर पर की जाने वाली पढ़ाई, 2 घर पर पढ़ाई करने का समय; *a* आरंभिक [~ school]

preparation प्रेॅप-रेशन *n* 1 तैयारी, रचना, निर्माण, 2 (usu in *pl*) तैयारी, प्रबंध, आयोजन, उपक्रम, **to make ~s for** sth तैयारी या तैयारियां करना, 3 (घर पर) पाठ की तैयारी, 4 तैयार की गई वस्तु, (i) (ख़ास तैयार किया गया) खाना, भोज्य पदार्थ, (ii) pharmaceutical ~ औषध, संपाक

preparative प्रि-पैर-टिव *a* & *n* तैयारी का, तैयार करने का; *n* तैयारी, उपक्रम; *mil* तैयारी का संकेत, बिगुलध्वनि आदि

preparatory प्रि-पैर-टरि *a* & *adv* 1 तैयारी का, आरंभिक, उपक्रमस्वरूप, 2 ~ **school** बड़े स्कूल के लिए छात्रों को तैयार करने का स्कूल; *adv* तैयारी के तौर पर, उपक्रमस्वरूप, पहले [I am packing up ~ **to** departure]

prepare प्रि-पेॅअर *vt* & *i* 1 (व्यक्ति को या वस्तु) तैयार करना [to ~ s.o. **for** an examination, **for** a piece of bad news]; 2 पहले पढ़ लेना, तैयार करना [to ~ a lesson, lecture, etc], 3 (भोजन) पकाना, बनाना, तैयार करना, 4 (*vi*) तैयार होना, तैयारी करना [to ~ **for** sth, **to** do sth]

prepay प्री-पे *vt* 1 (मूल्य, भाड़ा आदि) पहले से अदा करना, 2 (चिट्ठी पर) टिकट लगाना; ~**ment** *n* 1 पूर्व अदायगी, 2 डाकव्यय, डाक-टिकट

prepense प्रिपेॅन्स *a* जान-बूझकर या सोच-समझकर किया हुआ, पूर्वचिन्तित, **malice** ~ हानि पहुंचाने का इरादा

preponderance प्रि-पॉन्ड-रन्स *n* 1 बहुतायत, बाहुल्य, प्रचुरता, 2 अपेक्षाकृत अधिक महत्त्व [~ **over** sth], 3 प्रधानता

preponderant प्रि-पॉन्ड-रन्ट *a* 1 भार या संख्या में अधिक, अधिक भारी, गुरुतर, 2 अधिक महत्त्व का, 3 प्रधान, प्रमुख, मुख्य; ~**ly** *adv* मुख्यत:, प्रधानत:

preponderate प्रि-पॉन्ड-रेट *vi* 1 अधिक भारी होना, गुरुतर होना, 2 to ~ **over** sth से संख्या या परिणाम में अधिक होना; से अधिक महत्त्व का होना; 3 मुख्य तत्त्व होना, प्रधान अंश होना

preposition प्रेॅप-जिशन *n* अंग्रेज़ी में शब्द से प्राय: पहले (और हिन्दी में शब्द के बाद) लगने वाले संबंध सूचक अव्यय, *e.g.* at, by, in, on, to, etc; पर, से, में, को आदि

prepositive प्रि-पॉज़िटिव *a* (*gram*) (of word, particle, etc) पहले लगने वाला, पूर्वसर्गरूप

prepossess प्री-पज़ेॅस *vt* 1 (विचार आदि) किसी के मन में बिठाना [to ~ s.o. **with** an idea], 2 (of idea etc) मन में बैठ जाना, प्रभावित करना, पर हावी होना, छा जाना; ~**ed** *a.* ~ **with** से प्रभावित; ~**ing** *a* आकर्षक, सुन्दर, मनोहर, हृदयग्राही, प्रभावित करने वाला

prepossession प्री-पज़ेॅशन *n* 1 पहले से बनी धारणा, मन में बैठा हुआ विचार, पूर्वग्रह, 2 पक्षपात

preposterous प्रि-पॉस्टरस *a* 1 अस्वाभाविक, अप्राकृत, अप्राकृतिक, 2 उल्टा, असंगत, बेतुका, लचर, वाहियात, मूर्खतापूर्ण; ~**ness** *n* 1 अस्वाभाविकता, 2 बेतुकापन

prepotency प्रि-पोटन्सि *n* 1 प्रबलता, 2 *biol* प्रगुणता (see foll)

prepotent प्रि-पोटन्ट *a* 1 बहुत शक्तिशाली, दूसरों से अधिक बलशाली, प्रबल, 2 *biol* अधिक प्रजननशक्ति वाला, पैतृक गुणों को संतान में संक्रान्त करने की विशेष शक्ति वाला, प्रगुणी

prepuce प्री-प्यूस *n* (*anat*) शिश्नाग्रच्छद; भगांकुरच्छद

prerequisite प्री-रेॅक्विज़िट *a* & *n* जो पहले

करना जरूरी हो, पूर्वापेक्षित, *n* पूर्वापेक्षित बात या वस्तु, पूर्वापेक्षा, पहली शर्त [~ **for, of, to**]

prerogative प्रिरों‌ग-टिव *n* 1 परमाधिकार (also royal ~), 2 विशेषाधिकार [It is our ~ to do. . .; we have the ~ **of doing. . .**], **the ~ of mercy** etc क्षमा (करने) का परमाधिकार, 3 स्वाभाविक शक्ति या सामर्थ्य (जो दूसरों में न हो), अनन्यशक्ति या योग्यता

presage[1] प्रे॑सिज *n* 1 (अच्छे या बुरे भविष्य का) संकेत, पूर्वसूचना, शकुन, अपशकुन, 2 पूर्वाभास, पूर्वबोध, पूर्वज्ञान

presage[2] प्रिसेज *vt* 1 (भावी घटना का) लक्षण होना, पूर्वसूचक होना [The clouds ~ a storm], 2 भविष्यवाणी करना, (व्यक्ति को) पूर्वाभास या पूर्वबोध होना

presbyopia प्रे॑स्बि-ओपिअ *a* (वृद्धावस्था में होने वाला) दूरदृष्टिरोग, जरादूरदृष्टि

presbyter प्रे॑स्बिटर *n* (वयोवृद्ध) पादरी

Presbyterian प्रे॑स्बि-टिअ-रिअन *a* & *n* ईसाई धर्म के संप्रदाय-विशेष का (अनुयायी), प्रेसबिटीरियन

presbytery प्रे॑स्-बिटरि *n* 1 गिरजे का पूर्वी भाग जहां पादरी आदि बैठते हैं; पादरी-कक्ष; 2 पादरीगण, 3 पादरी-निवास

prescience प्रे॑शिअन्स *n* 1 पूर्वज्ञान, पूर्वबोध, 2 दूरदर्शिता

prescient प्रे॑शिअन्ट *a* 1 पहले से जान लेने वाला, भविष्यद्रष्टा, 2 दूरदर्शी

prescribe प्रिस्-क्राइब *vt* & *i* 1 अधिकारपूर्वक कहना, आदेश करना [Don't ~ to me what I am to do]; विहित करना, नियत करना, निर्दिष्ट करना, निर्धारित करना, 2 (दवा) बनाना; नुस्ख़ा लिखना [to ~ (sth) **to** *or* **for** s.o., **for** a complaint]; **prescribed** *a* विहित, निर्धारित, नियत

prescript प्री-स्क्रिप्ट *n* विधान, कानून, आदेश, फ़रमान

prescription प्रिस्-क्रिप्शन *n* 1 विहित करना, विधान, 2 नुस्ख़ा, 3 *law* चिरभोग (पर आधारित अधिकार)

prescriptive प्रिस्-क्रिप्टिव *a* 1 आदेशात्मक; 2 चिरभोग पर आधारित, चिरभोगजन्य [~ right], 3 परम्परागत, प्रथागत, 4 *ling* प्रयोग के नियम बताने वाला [a ~ grammar of the English language]

presence प्रे॑ज़न्स *n* 1 उपस्थिति, हाज़िरी, मौजूदगी, विद्यमानता; 2 किसी देश की सेना की अन्य देश में उपस्थिति; सैनिक उपस्थिति [the Great Powers' ~ in the Indian Ocean], 3 स्थान जहां कोई (व्यक्तिविशेष) विराजमान हो, उपस्थिति का स्थान, साम्मुख्य, सामना, सान्निध्य, to be admitted **to** s.o.'s ~ से मिलने की अनुमति पाना, से मिलना, का दर्शन करना; 4 ~ **chamber** बड़े आदमियों के यहां अतिथियों से मिलने का कमरा, बैठक, दीवानखाना, दर्शनकक्ष, 5 प्रभावोत्पादक आकृति, भव्य आकृति [a man of fine ~], 6 ~ **of mind** (आकस्मिक संकट में) न घबराना, साहस और धैर्य्य, होश-हवास, सुध-बुध

present[1] प्रे॑ज़ंट *a* 1 उपस्थित, हाजिर, मौजूद, विद्यमान, 2 इस समय का, आजकल का, मौजूदा, आधुनिक, वर्तमान [the ~ ruler, fashion, etc], 3 विचाराधीन, यह [the ~ case]; the ~ writer यह लेखक अर्थात् मैं, 4 (*gram*) **the ~ tense** वर्तमान काल

present[2] *n* 1 **the ~** वर्तमान काल (also in *gram*), **at ~** इस समय, अब; **for the ~** इस समय, फ़िलहाल; 2 *law* or *joc* यह अभिलेख, यह दस्तावेज़ [Know all men by these ~s that. . .]

present[3] *n* उपहार, भेंट, तोहफ़ा [**to make a ~ of sth to s.o.**]

present[4] प्रि-ज़े॑न्ट *vt* 1 परिचय कराना, मिलाना, [to ~ s.o. to s.o.], 2 सामने रखना, पेश करना, प्रस्तुत करना, उपस्थित करना, cases that ~ some difficulty ऐसे मामले जिनमें कुछ कठिनाई आती है; (*Parl*) to ~ a bill विधेयक प्रस्तुत या पेश करना, 3 **to ~ oneself** (वि० परीक्षा में) उपस्थित होना, आना; 4 **to ~ itself** (i) (of idea) सूझना; (ii) (of opportunity) आना, 5 दिखाना, प्रदर्शित करना [to ~ a fine, sorry, spectacle], 6 बन्दूक आदि से किसी चीज़ का निशाना बांधना या साधना [to ~ a pistol etc **at** s.o., **at** s.o.'s head]; (*mil*) **to ~ arms** हथियारों से सलामी देना, **P~ arms!** सलामी दो! 7 देना, भेंट करना, उपहार देना [**to ~ sth to s.o.; to present s.o. with sth**]; 8 (नाटक का) अभिनय या खेल करना, (नाटक) प्रस्तुत करना; अभिनेता को पेश करना [to ~ a play, an actor]

presentable प्रि-ज़े॑न्ट-बल *a* 1 (of person) साफ़-सुथरा, दर्शनीय, लोगों से मिलने लायक, सामने आने योग्य, 2 (of dress) साफ़-सुथरा, पहनने-लायक; 3 (of thing) उपहार में देने योग्य, भेंट करने योग्य, पेश करने लायक

presentation प्रे॑ज़न्-टेशन *n* 1 (उपहार आदि का) भेंट करना, प्रदान, अर्पण, समर्पण, 2 भेंट (की गई चीज़), उपहार; ~ **copy** (उपहार स्वरूप या नमूने की) मुफ़्त प्रति, उपहार प्रति, 3 *law* (मामला आदि विचारार्थ) पेश करना, उपस्थापन, 4 (विषय का) निरूपण, प्रतिपादन, विवरण, 5 (नाटक का) अभिनय, प्रदर्शन, दिखाना, प्रस्तुतीकरण; 6 (व्यक्ति का राज-दरबार में) परिचय कराना, प्रस्तुतीकरण, 7 *philos* प्रत्यक्षज्ञान

presentative प्रि-ज़े॑न्ट-टिव *a* 1 विचार सुझाने वाला, उद्बोधात्मक, 2 *philos* प्रत्यक्षज्ञानात्मक

presentee प्रेज़न्-टी *n* 1 उपहार लेने वाला, पुरस्कार पाने वाला, पुरस्कृत व्यक्ति, 2 मुलाकाती

presentient प्रि-सें न्शिअन्ट *a* जिसे (भावी घटना का) पूर्वाभास या पूर्वज्ञान हो, पहले से जान लेने वाला हो, पूर्वज्ञ

presentiment प्रि-सें न्टिमन्ट *n* (भावी घटना, वि० अनिष्ट, का) पूर्वाभास, पूर्वबोध

presentive प्रिज़ें न्टिव *a* (of word) जिससे मन को पदार्थ का भान या प्रतीति हो, अवबोधक

presently प्रें ज़न्ट्लि *adv* 1 थोड़ी ही देर में, शीघ्र ही, 2 (U.S.) इस समय

presentment प्रि-ज़ें न्ट्मन्ट *n* 1 रंगमंच पर प्रदर्शन, अभिनय, 2 वर्णन, विवरण, चित्रण; 3 प्रस्तुतीकरण

preservation प्रें ज़र्-वेशन *n* 1 रक्षा, सुरक्षा, बचाव, संरक्षण, in a good state of ~ भली-भांति सुरक्षित, लगभग ज्यों का त्यों, 2 (of food-stuffs) परिरक्षण

preservative प्रि-ज़र्व-टिव *a* & *n* रक्षा करने वाला, रक्षणात्मक, परिरक्षणात्मक; *n* 1 रक्षक, 2 (फलों, खाद्यपदार्थों का) परिरक्षक, परिरक्षी

preserve^1 प्रि-ज़र्व *n* 1 अचार, मुरब्बा, परि-रक्षित फल, 2 (शिकार के जानवरों के लिए) सुरक्षित वन, पशुविहार [a game ~]; मछली पालने का तालाब, मत्स्यकुंड, 3 *fig* ऐसा कार्य या क्षेत्र जिसे व्यक्ति केवल अपने लिए आरक्षित समझे, निजी क्षेत्र

preserve^2 *vt* 1 बचाना, रक्षा करना, सुरक्षित रखना [to ~ s.o **from** harm etc; to ~ a building etc], 2 स्मृति बनाये रखना, नाम जीवित रखना [to ~ s.o.'s memory, name, etc], (गुण, अवस्था आदि) बनाये रखना, बिगड़ने न देना; 3 (खाद्य पदार्थों को) बिगड़ने से बचाना, (फलों का) परिरक्षण करना, मुरब्बा बनाना, अचार डालना, 4 शिकार के जानवरों को निजी वन में पालना तथा सुरक्षित रखना [to ~ game]

preserved 1 सुरक्षित, (of food) परिरक्षित, 2 (of elderly person) **well-preserved** जिसमें बुढ़ापे के लक्षण न के बराबर हों, (वृद्धावस्था में) युवा-सा

preside प्रि-ज़ाइड *vi* 1 सभापति होना, सभापतित्व करना, अध्यक्षता करना [**to ~ at, over, a meeting, at a banquet**], 2 *fig* संचालक होना, अधिष्ठाता होना, कर्त्ता-धर्त्ता होना

presidency प्रें ज़ि-डन्सि *n* 1 प्रधानपद, अध्यक्षपद, अध्यक्षता, सभापतित्व; प्रधान का कार्यकाल, 2 राष्ट्रपति-पद, राष्ट्रपतित्व, राष्ट्रपतित्व-काल

president प्रें ज़ि-डन्ट *n* 1 प्रधान, सभापति, अध्यक्ष, अधिष्ठाता, 2 (*Head of State*) राष्ट्रपति

presidential प्रें ज़ि-डें न्शल *a* प्रधान का, सभापति का, अध्यक्ष का; राष्ट्रपति का

presiding प्रि-ज़ाइडिङ्ग *a* अध्यक्षता करने वाला, अधिष्ठाता, प्रमुख, ~ **officer** प्रधान अधिकारी; ~ deity अधिष्ठाता देवता, अधिष्ठात्री देवी

presidium प्रि-ज़िडिअम *n* (कम्यूनिस्ट देशों में) (स्थायी) प्रशासन-समिति

press^1 प्रें स *n* 1 दबाव, Give it a little ~ इसे (हाथ से) ज़रा दबा दो, 2 (काम-काज की) जल्दी, हड़बड़ी, व्यस्तता [the ~ of modern life], 3 भीड़, भीड़-भाड़, भीड़-भड़क्का [the ~ of people; to force one's way through the ~], 4 दबाने का उपकरण, दाब-यन्त्र, शिकंजा [hydraulic ~]; पेरने का यन्त्र, निपीड़न-यन्त्र, कोल्हू [oil-~], रस निकालने की मशीन, 5 (also printing-press (*i*) मुद्रणयन्त्र, छपाई की मशीन, (ii) मुद्रणालय, छापाखाना, **in the press** छप रहा, 6 प्रकाशन-संस्था [Oxford University Press] 7 पत्र-समुदाय, अख़बार, समाचारपत्र, पत्र-जगत्, पत्रकार-जगत्; **to get, have, a good** ~ समाचार-पत्रों में खूब चर्चा होना, **freedom of the** ~ छापने और प्रकाशित करने की स्वतन्त्रता, मुद्रण तथा प्रकाशन की स्वतंत्रता, समाचारपत्रों की स्व-तन्त्रता; 8 *comb*: **~-box** (खेल के मैदान में) संवाददाता-कक्ष, **press conference** संवाददाता-सम्मेलन, पत्रकार-सम्मेलन, **~-gallery** (संसद् में) संवाददाता कक्ष, पत्रकार-दीर्घा; **pressman** पत्रकार, संवाददाता; **~-note** प्रेस-विज्ञप्ति, ~ **release** प्रकाशनार्थ विज्ञप्ति, प्रेस-विज्ञप्ति; **~-room** पत्रकार कक्ष

press^2 *vt* & *i* 1 दबाना **to ~ the button** (बिजली का) बटन दबाना; *colloq* कार्यवाही आरंभ करना, 2 चिमटाना, लगाना, to ~ s.o. to one's heart दिल या छाती से लगाना, आलिंगन करना, 3 निचोड़ना, पेरना, रस निकालना, 4 इस्त्री करना [to ~ a suit], 5 *fig* to ~ the enemy शत्रु पर दबाव डालना, **to be hard ~ed** शत्रु का भारी दबाव पड़ना; **to be ~ed for** (space, time, money, etc) (जगह, समय, धन आदि) थोड़ा होना या थोड़ा रह जाना, 6 प्रार्थना करना, अनुरोध करना, आग्रह करना [to ~ s.o. to do sth; to ~ **for** an answer]; बल देना to ~ a point बात पर ज़ोर देना; 7 तंग करना, परेशान करना [**~ed** by his creditors]; 8 *vi* दबाव डालना [to ~ **on, against**, sth]; 9 तुरन्त ध्यान देने योग्य होना, अचिर-करणीय होना [The matter is ~ing]; **Time presses** समय थोड़ा रह गया है (अत: जल्दी करो); 10 भीड़ लगाना [to ~ round s.o.], 11 तेज़ी से जाना या चलना या बढ़ना [to ~ **on, forward**], 12 उदास कर देना, परेशान करना [His responsibilities ~ heavily upon him]

press^3 *vt* & *n* 1 *hist* (सेना या नौसेना में) जबरन भर्ती करना, 2 *fig* **to press into service** (ज़रूरत पड़ने पर) सरकारी या सार्वजनिक काम के लिए ले लेना, काम में लगा देना [All the vehicles were ~ed into service to evacuate the earthquake victims]; *n* जबरन या अनिवार्य भर्ती

pressing *a* **1** अत्यन्त, भारी, सख़्त [~ need], **2** आग्रह करने वाला, बहुत पीछे पड़ने वाला [as you are so ~], साग्रह [a ~ invitation]; **~ly** *adv* आग्रहपूर्वक, साग्रह

pressure प्रे॑शर *n* & *vt* **1** दाब, दबाव, चाप; atmospheric ~ वायुमण्डल का दबाव; **blood pressure** रक्तचाप, **2** *fig* दबाव, प्रभाव, ज़ोर, मजबूरी, **to bring ~ to bear on s.o.** किसी पर दबाव डालना, किसी को मजबूर करना; **to act under ~** मजबूर होकर (काम) करना; **~ of work** काम का ज़ोर; **to work at high ~** तेज़ी से या ज़ोर-शोर से काम करना; **at low ~** (*fig*) धीरे-धीरे, आराम-आराम से, *vt* = foll, 1

pressurize प्रे॑श-राइज़ *vt* **1** (व्यक्ति पर) दबाव डालना, वाध्य या मजबूर करना; **2** (esp. in *p.p.*) विमान में हवा का दबाव और तापमान नियन्त्रित करने की व्यवस्था करना (जिससे कि ऊंची उड़ान में यात्रियों को सांस लेने में कष्ट न हो); **~d** *a* दावानुकूलित

prestidigitation प्रे॑स्टि-डिजि-टेशन *n* जादू, जादूगरी, इन्द्रजाल, बाजीगरी; **prestidigitator** प्रे॑स्टि-डिजिटेटर *n* मदारी, बाजीगर, जादूगर, ऐन्द्रजालिक

prestige प्रे॑स्टीश्ज़ *n* प्रतिष्ठा, ख्याति, नाम, गौरव, साख

prestigious प्रे॑स्-टिजस *n* **1** प्रतिष्ठावान्, गौरव-प्राप्त, शानदार, ऊंची साख वाला, **2** जिसमें प्रतिष्ठा या नाम का सवाल हो [a ~ contest, election]

presto प्रे॑स्टो *a* & *adv* & *n* द्रुत, द्रुततर, शीघ्र, शीघ्रतर; *n* द्रुतगति

presumable प्रिज़्यूम-बल *a* जो माना जा सके, जिसकी कल्पना की जा सके; **presumably** *adv* संभवत:, शायद, अनुमानत:

presume प्रिज़्यूम *vt* **1** मान लेना, फ़र्ज़ करना, ख़्याल करना, **2** *vi* दु:साहस या धृष्टता करना [**to ~ to do sth**], **3** to ~ too much (i) अकड़ना, (ii) बहुत ढीठ या अक्खड़ होना, **4** to ~ (up)on (s.o.'s good nature, friendship, etc) से अनुचित लाभ उठाना, का दुरुपयोग करना

presuming प्रिज़्यूमिङ्ग *a* **1** गुस्ताख़, धृष्ट, **2** बहुत बेतकल्लुफ़; **~ly** *adv* बेतकल्लुफ़ी से

presumption प्रि-ज़म्प्शन *n* **1** ऐसी बात जो मानी जा सके, जिसे मान लिया गया हो, अनुमान, धारणा, उपधारणा, प्रकल्पना, **2** धृष्टता, ढिठाई, गुस्ताख़ी

presumptive प्रि-ज़म्प्टिव *a* **1** जिसके आधार पर धारणा बनाई जा सके [~ evidence], **2** जिसे माना जा सके या मान लिया जाये [the ship is a ~ loss], **3** संभाव्य, संभावित; **heir ~** संभावित उत्तराधिकारी (अर्थात् जिसका उत्तराधिकार निकटतर संबंधी के जन्म लेने पर समाप्त हो जाता है, अन्यथा नहीं)

presumptuous प्रि-ज़म्प्चुअस *a* **1** आत्माभिमानी, अपने आपको बहुत समझने वाला, **2** दुस्साहसी, उद्धत, धृष्ट, गुस्ताख़; **~ness** *n* **1** अभिमान, अकड़, **2** दुस्साहस, औद्धत्य, धृष्टता

presuppose *vt* **1** पहले से मान लेना या धारणा बना लेना, **2** के लिए आवश्यक होना, की अपेक्षा करना, में निहित होना [effects ~ causes]

presupposition प्री-सप-ज़िशन *n* पहले से मान ली गई वात, पूर्वधारणा, पूर्वकल्पना

pretence प्रिटे॑न्स *n* **1** दिखावा, प्रदर्शन, आडम्बर [devoid of all ~], **2** बहाना, छद्म [**under the ~** of helping me], **3 false ~s** (*law*) धोखा देने के लिए कहा गया झूठ या किया गया काम, छल, कपट, धोखा, **4** दावा [He makes no ~ **to wit**]

pretend प्रि-टे॑न्ड *vt* & *i* **1** ढोंग करना, दिखावा करना, बहाना करना [to ~ illness; to ~ to be ill], **2** का स्वांग करना या रचना, का अभिनय करना [Let's ~ we are gods & goddesses], **3** *vi* का दावा करना [to ~ to intelligence]

pretender *n* **1** (झूठा दावेदार, **2** ढोंगी, छली, कपटी, बना हुआ, झूठा

pretension प्रि-टे॑न्शन *n* **1** दावा [to have ~s to literary taste]; हक, अधिकार [**~ to be** *or* **do sth**], **2** दिखावा, प्रदर्शन, आडम्बर [a man of no ~s]

pretentious प्रि-टे॑न्शस *a* **1** अपने महत्त्व का दावा करने वाला, आत्माभिमानी, बहुत बनने वाला, **2** प्रदर्शनपूर्ण, आडम्बरपूर्ण, दिखावे का, दिखावटी

preterhuman प्रीटर्-ह्यूमन *a* मनुष्य की शक्ति या गुण आदि से बढ़ा हुआ, अतिमानुषिक

preterite प्रे॑ट-रिट *a* (*gram*) **~ (tense)** पूर्ण भूतकाल

preterition प्रीट-रिशन *n* छोड़ देना, अकरण, उपेक्षा [**~ of**]

pretermission प्रीटर्-मिशन *n* **1** छूट जाना, छोड़ देना, अकरण, **2** अल्प विराम व्यवधान, स्थगन

pretermit प्रीटर्मिट *vt* (-tt-) उल्लेख या चर्चा न करना [to ~ a fact]; (कार्य) न करना, (प्रथा) छोड़ देना

preternatural प्रीटर्-नैचरल *a* **1** असाधारण, अतिप्राकृतिक, **2** अलौकिक, दिव्य, दैवी

pretersensual प्रीटर्-से॑न्शुअल *a* अतीन्द्रिय

pretext प्री-टे॑क्स्ट *n* & *vt* तथाकथित कारण, बहाना, हीला, मिस, **up(on)** *or* **under the ~ of** *or* **that** के बहाने, *vt* बहाने के तौर पर कहना [to ~ that . . .]; का बहाना करना

prettify प्रिटिफ़ाइ *vt* अति सुन्दर बनाना, खूब सजाना, अलंकृत करना

prettily प्रिटि-लि *adv* अच्छी तरह से, ठीक ढंग

से, सुन्दर ढंग से [~ dressed]; खूब

prettiness *n* 1 (बालसुलभ या नारीसुलभ) सौन्दर्य, सुकुमारता, लावण्य, चारुता, 2 सुन्दर वस्तु, आभूषण, 3 (of style) कृत्रिम सौन्दर्य या शोभा, अलंकारों की छटा

pretty प्रिटि *a* & *adv* **1** (of woman or child) सुन्दर, सुकुमार, चारु, **2** (आंखों, कानों या मन को) भला लगने वाला, सुन्दर, मनोहर, रमणीय, प्यारा, मधुर [~ cottage, scene, song, etc], **3** *iron* खूब, बहुत [A ~ mess you have made], **4** काफ़ी, प्रचुर, बहुत [earned a ~ sum]; *adv* **1** काफ़ी, ख़ासा [I am ~ well; this is ~ difficult], **2** ~ **much** *or* **well** लगभग [~ much the same thing]

prevail प्रि-वेल *vi* **1** विजय पाना, पराजित करना, काबू पाना, अभिभावी होना, अभिभूत करना, हावी होना [to ~ **over, against,** s.o.]; Truth will ~ सत्य(वादी) की जय होगी; **2** राज़ी करना, मना लेना, सहमत करना [to ~ **(up)on** s.o. **to do** sth], **3** प्राय: विद्यमान होना, पाया जाना [Peace prevails], **4** चालू होना, प्रचलित होना [the ~ing fashions in dress etc, the ~ing rate of exchange], **5** (दूसरों से संख्या आदि में) अधिक होना, प्रबल होना [the ~ing view]

prevalence प्रे`व-लन्स *n* **1** व्यापकता [~ of disease, bribery, etc], **2** प्रचलन, रिवाज [~ of child marriage]

prevalent प्रे`व-लन्ट *a* **1** प्राय: (सर्वत्र) विद्यमान, बहुत पाया जाने वाला, व्यापक, फैला हुआ [the disease that is ~ here], **2** प्रचलित, चालू [the ~ system, the ~ rate of exchange]

prevaricate प्रि-वैरिकेट *vi* **1** टालमटोल करना, **2** द्व्यर्थक बात करना, गोल बात करना, वाक्छल करना; **prevarication** प्रि-वैरिकेशन *n* **1** टाल-मटोल, **2** द्व्यर्थक या दोमानी बात, गोल बात, वाक्छल; **prevaricator** *n* **1** टाल-मटोल करने वाला, **2** गोल बात करने वाला

prevenient प्रि-वीनिअन्ट *a* **1** पूर्ववर्ती, **2** रोकथाम करने का या करने वाला [~ of sth]

prevent प्रि-वे`न्ट *vt* रोकना, न करने देना, न होने देना [to ~ **s.o. from doing** sth; to ~ **s.o.'s doing sth**; to ~ an accident]; ~**able**, ~-**ible** *a* निवार्य, परिहार्य

prevention प्रि-वे`न्शन *n* रोकना, रुकावट, निरोध, रोकथाम [~ **of** accidents, diseases, etc]; निवारण, प्रतिबन्ध, Prevention is better than cure (रोग आदि के) इलाज से रोकथाम अच्छी है

preventive प्रि-वे`न्टिव *a* & *n* रोकथाम करने का, निरोधक, प्रतिबन्धात्मक, निवारक; ~ **detention** निवारक नज़रबन्दी; ~ **measure** रोकथाम की कार्यवाही, निवारक उपाय, *n* **1** रोग को रोकने या रोग से बचने की दवा, निरोधक औषध, **2** निवारक उपाय या कार्यवाही; **preventative** प्रिवे`न्टटिव *a* & *n* = preventive

preview प्री-व्यू *n* (नुमाइश, फ़िल्म, नाटक आदि का) पूर्वप्रदर्शन

previous प्री-विअस *a* & *adv* **1** (काल अथवा क्रम में किसी से) पहला, पूर्ववर्ती [the ~ day; the ~ question], गत, पिछला; ~ reference पिछला हवाला; **2** जल्दबाज़ी का, जल्दबाज़ [you have been a little too ~]; *adv* से पहले, के पहले, पूर्व [~ **to** my departure]; ~**ly** *adv* (इस से) पहले, अतीत में, पहले से

prevision प्री-विश्ज़न *n* पूर्वबोध, पूर्वज्ञान, भविष्य का ज्ञान; दूरदर्शिता

pre-war प्री-वार *attrib a* युद्ध से पहले का, युद्धपूर्व [~ conditions]

prey^1 प्रे *n* **1** जन्तु जिसे हिंस्र जन्तु या मनुष्य मार कर खाते हैं, शिकार, अहेर; **2 beast, bird, of** ~, शिकारी पशु या पक्षी, हिंस्र पशु, **3** *fig* शिकार, **to fall a prey to** (the enemy, disease, temptation, etc.) का शिकार होना

prey^2 *vi* **1** to ~ **(up)on** (an animal) शिकार करना; to ~ **(up)on** s.o. किसी को लूटना; **2** (of disease, emotion, etc) to prey **(up)on** s.o., s.o.'s mind पीड़ित या ग्रस्त करना, अभिभूत करना

price^1 प्राइस *n* **1** कीमत, मूल्य, दाम, भाव; **above, beyond, without,** ~ जिसकी कोई कीमत न बताई जा सके, अमूल्य, **2 to set a** ~ **on sth** वस्तु (खरीदने या बेचने) का मूल्य घोषित करना; **to set a** ~ **on s.o.'s head** *or* life किसी को पकड़ने या मारने के लिए इनाम घोषित करना; **3** *fig* जो कुछ करना या देना या बलिदान करना पड़े, कीमत [This must he done at any ~; Peace at any ~], **4** वह चीज़ या प्रलोभन जिससे किसी को अपने पक्ष में या वश में किया जा सके; **every man has his** ~ रिश्वत या प्रलोभन देकर हर किसी से काम करवाया जा सकता है; **5** ~**-control** मूल्य-नियन्त्रण

price^2 *vt* **1** कीमत लगाना, भाव नियत या स्थिर करना [**to** ~ **oneself** (*or* **one's goods**) **out of the market**] इतनी ज़्यादा कीमत रखना कि माल बिकना बन्द हो जाए; **2** महत्त्व आंकना, महत्त्व समझना [to ~ sth high, low]

priced *n* मूल्य से मिलने वाला, समूल्य (opp. free); जिसका मूल्य निर्धारित किया गया हो; **high**-~ महंगा, **low**-~ सस्ता

priceless *a* अमूल्य, अनमोल

prick^1 प्रिक *n* **1** (सूई आदि का) चुभना, चुभन, पीड़ा; (सूई से किया हुआ) छेद, छिद्र; **2** (*fig*) ~**s of conscience** अन्त:करण की भर्त्सना, पश्चात्ताप

prick^2 *vt* **1** (सूई आदि से) छेद करना, चुभाना; **to** ~ **the bubble** किसी चीज़ या व्यक्ति का

खोखलापन दर्शाना; 2 *fig* पीड़ा देना, कोसना, धिक्कारना; His conscience ~s him उसका अन्तःकरण उसे धिक्कारता है, उसे पश्चात्ताप होता है; 3 to ~ off names on a list सूची में नामों पर (बिन्दियों के) निशान लगाना, 4 **to ~ up one's ears** (of animal) कान खड़े करना, (of man) एकाएक सावधान या चौकन्ना हो जाना; **pricker** प्रिकर *n* छेद करने का औज़ार, सूआ, आर

pricket प्रिकिट 1 (दो साल का) हिरण का बच्चा, 2 मोमबत्ती लगाने की सलाई

prickle प्रिकल *n & vt & i* 1 (जन्तु विशेषत: झाऊ चूहे के शरीर पर या फल के छिलके पर का) कांटा, *pop.* छोटा सा कांटा, *vt* 2 अनेक सूइयां चुभने की-सी संवेदना पैदा करना, झुनझुनी पैदा करना; *vi* झुनझुनी होना

prickly प्रिक्लि *a* 1 कांटेदार, कंटीला; ~ **bush** कंटीली झाड़ी; ~ **pear** नागफनी, 2 झुनझुनी पैदा करने वाला, 3 (of question) पेचीदा, जटिल, 4 ~ **heat** पित्ती, अंभौरी, गर्मी दाना

pride प्राइड *n & v refl* 1 अभिमान, गर्व, अहंकार, घमंड, ग़रूर, **P~ hath a fall** ग़रूर का सिर नीचा, अभिमानी का पतन होकर रहता है; 2 **Pride of place** (i) सर्वोच्च स्थान या पद, पहला नम्बर, प्रतिष्ठित पद, (ii) अपने उत्कर्ष का अभिमान, 3 हर्ष, उल्लास, गर्व, **to take a ~ in** s.o., sth, doing sth पर गर्व करना, फूला न समाना, उल्लसित होना, 4 वस्तु या व्यक्ति जिस पर गर्व या नाज़ हो [He is the ~ of the family], 5 उत्तम अवस्था, उत्कर्ष, यौवन, जोबन [The spring was in its ~]; *v refl.* **to ~ oneself on sth** किसी बात पर गर्व करना

priest प्रीस्ट *n* पादरी, पुरोहित, याजक, याज्ञिक, पुजारी; ~**craft** *n* पुरोहितवृत्ति, इसके लिये प्रशिक्षण; पुरोहितवर्ग की लौकिक महत्त्वाकांक्षा; ~**hood** *n* पादरी का काम या पद, पादरीवृत्ति, पुरोहिताई, पौरोहित्य, पुरोहित-पद

priestly प्रीस्टलि *a* 1 पादरी या पुरोहित का, the ~ **class** पादरीवर्ग, पुरोहितवर्ग, 2 पुरोहितोचित

prig प्रिग 1 व्यक्ति जो बात-चीत या शिष्टाचार या धर्मानुष्ठान के नियमों को बारीकियों पर ज़ोर दे, अतिनियमनिष्ठ; 2 धार्मिकता का ढोंग करने वाला, पाखंडी, दंभी; ~**gery** प्रिगरि *n* दंभ, ढोंग; ~**gish** प्रिगिश *a* 1 आत्माभिमानी, 2 ढोंगी; ~**gishness** *n* 1 आत्माभिमान, 2 दंभ, ढोंग

prim^{1} प्रिम *a* 1 (of person, manner) शालीन, विनीत, गंभीर, संकोची, 2 रीतिनिष्ठ, नियमनिष्ठ, अनुचित बात को नापसंद करने वाला, 3 (esp. of woman) लज्जाशील, शालीन, 4 ~ **garden** साफ़-सुथरा बाग़

prim^{2} *vi & t* **to ~ (up)**; **to ~ the face, lips etc** कुछ-कुछ अभिमानसूचक मुद्रा बनाना, नाक-भौं सिकोड़ना

prima प्रीम: *a* प्रथम, मुख्य; ~ **ballerina** बैले (ballet) की मुख्य अभिनेत्री या नर्तकी, ~ **donna** (आपेरा की) मुख्य गायिका

primacy प्राइमसि *n* 1 श्रेष्ठता, प्रमुखता, सबसे अधिक महत्त्व, 2 आर्चबिशप का पद

primaeval प्राइ-मीवल *a*=primeval

prima facie प्राइम: फ़ेशि *adv & a* प्रथम दृष्टि में, प्रथमदृष्टया, देखने में, ज़ाहिरा तौर पर [He has ~ a good case]; *a* जो प्रथम दृष्टि में ठीक लगे; **prima facie case** मामला जो शुरू के बयानों से ठीक जंचे या विचारणीय लगे, प्रथमदृष्टया विचारयोग्य मामला, prima facie evidence प्रथमदृष्टया मानने योग्य साक्ष्य

primage प्राइमिज *n* जहाज़ी भाड़े पर लगने वाला अतिरिक्त शुल्क, अतिरिक्त भाड़ा

primal प्राइमल *a* 1 आदियुग का, पुरातन, 2 प्रमुख, प्रधान, बुनियादी

primarily प्राइमरि-लि *adv* 1 मूलत:, प्रथमत:, सब से पहले, 2 मुख्यत:, प्रधानत:

primary प्राइमरि *a* 1 पहला, प्रथम, आदिम, प्रारंभिक, प्राथमिक; 2 मूल, मूलभूत, मौलिक, बुनियादी, 3 मुख्य, प्रमुख, प्रधान, 4 ~ **colours** मूल वर्ण (अर्थात् लाल, पीला और नीला जिनसे दूसरे रंग बनते हैं), ~ **education** प्रारंभिक या प्राथमिक शिक्षा; ~ **goods** कच्चा माल; ~ **planets** सूर्य की परिक्रमा करने वाले ग्रह, मुख्य ग्रह, ~ **school** प्राथमिक विद्यालय

primate प्राइमेट *n* 1 लाट पादरी, आर्च बिशप, 2=*sing* of foll

Primates प्राइ-मेटीज़, प्राइमेट्स *n pl* (*zool*) प्रथम दर्जे के स्तनपायी जन्तु (अर्थात् मानव, वानर, लीमूर आदि); नर-वानरवर्ग

prime^{1} प्राइम *n* 1 पूर्णता, परिपक्वावस्था, उत्कृष्ट अवस्था, यौवन, वसन्त, **in the prime of life** भरी जवानी में, जीवन के वसन्तकाल में, 2 आरंभ, शुरू के दिन, आरंभिक अवस्था, 3 वस्तु का सबसे बढ़िया अंश, 4 प्रात: काल, प्रभात, भोर, 5 *math* अविभाज्य संख्या (*e.g.* 1, 3, 5, 7, 11, 13, etc)

prime^{2} *a* 1 मुख्य, प्रधान [~ agent, motive]; of ~ importance सबसे ज़्यादा ज़रूरी, सबसे अधिक महत्व का, 2 बढ़िया, उत्कृष्ट [~ quality meat], 3 ~ **number** अविभाज्य संख्या (see prec 5), 4 पहला, आरंभिक, शुरू का, 5 **P~ Minister** प्रधान मन्त्री, 6 ~ **cost** मूल लागत (also see cost^{1}); ~ **mover** मुख्य प्रेरक [Swami Dayananda was a ~ mover of religious and social reforms] (also see mover); ~ **rate** (ब्याज की) न्यूनतम दर

prime^{3} *vt* 1 पम्प या दमकल को (चलाने के लिए) गीला करना, पनियाना, 2 आवश्यक तथ्य आदि बताना, (गवाह को) पट्टी पढ़ाना, सिखा देना [to

~ a witness with facts]; 3 खूब शराब पिलाना [to ~ s.o. with liquor], 4 (लकड़ी आदि पर) रोग़न करने से पहले तेल या मसाला लगाना (जिससे कि रोग़न ज्यादा न चूसा जाए), अस्तर लगाना, 5 (बन्दूक आदि में) रंजक लगाना, बारूद डालना या भरना

primer^{1} प्राइमर *n* 1 (बच्चों को पढ़ाने की) पहली पुस्तक, 2 (किसी विषय की) प्रवेशिका

primer^{2} *n* 1 (बन्दूक आदि की) रंजकी, 2 रोग़न करने से पहले लगाने का मसाला, पहला लेप, अस्तर

primeval प्राइ-मीवल *a* सृष्टि के आदियुग का, आदियुगीन, आदिम, प्राचीन, पुरातन

priming^{1} प्राइमिङ्ग *n* (see prime^{3}) 1 (बन्दूक आदि का) रंजक, 2 लकड़ी पर रोग़न करने से पहले लगाने का मसाला, अस्तर, 3 जल्दी से पढ़ा या सिखा देना, रटा देना

priming^{2} *n* (of tides) ज्वार का जल्दी आना (cf. lag)

primitive प्रिमि-टिव *a* 1 आदिम, आद्य, आदिकालीन, आदियुगीन [~ man, ~ rocks], आरंभिक, शुरू का, प्राचीन, पुरातन [P~ Church], 2 दकियानूसी, असभ्य, अशिष्ट, जंगली, बर्बर, 3 अपरिष्कृत, भद्दा [~ method]; ~**ness** *n* 1 अशिष्टता, जंगलीपन, 2 भद्दापन, फूहड़पन

primogenitor प्राइम-जें निटर *n* (कुल या कबीले का) आदिपुरुष, (loosely) पूर्वज

primogeniture प्राइम-जें निचर *n* 1 अग्रजन्मता, ज्येष्ठता, 2 (**right of**) ~ ज्येष्ठ सन्तान को प्राप्त उत्तराधिकार, ज्येष्ठाधिकार

primordial प्राइ-मॉर्-डिअल *a* 1 आदिम, आदियुगीन, आद्य, 2 आरंभिक, मौलिक, बुनियादी

primrose प्रिम्रोज़ *n* 1 पौधा-विशेष जिस पर वसन्त के शुरू में बसन्ती रंग के फूल आते हैं, पीत-सेवती, 2 **the ~ path** आराम और विलास का जीवन (जो अनर्थकारी सिद्ध हो)

primus^{1} प्राइमस *a* प्रथम, पहला; **primus inter pares** समकक्ष व्यक्तियों में प्रथम, सहयोगियों में प्रमुख, दल का प्रवक्ता, दल का वरिष्ठ सदस्य

primus^{2} *n* (तेल से जलने वाले) स्टोव का व्यापारिक नाम, प्राइमस

prince प्रिन्स *n* 1 राजकुमार, शाहज़ादा, 2 (in India) भूतपूर्व रियासत का शासक, नरेश, राजा, 3 (*fig*) प्रमुख, अग्रणी, शिरोमणि, सरदार [~ of poets, novelists, liars, etc], 4 **~ of darkness** शैतान, **P~ of Peace** ईसा मसीह; **P~ of Wales** ब्रिटेन का युवराज; ~**like** *a* राजोचित, राजकुमारोचित

princely प्रिन्स्लि *a* 1 राजा का, राजकुमार का, 2 राजोचित, 3 कीमती, बहुमूल्य [a ~ gift], राजसी, शानदार

principal प्रिन्सिपल *a* & *n* मुख्य, प्रधान [~ food, dish], बड़ा, मुख्य [a ~ cause of his failure], *n* 1 आचार्य, 2 (व्यापारिक संस्था का) अध्यक्ष, अधिष्ठाता, 3 *law* मुख्य अपराधी, 4 व्यक्ति जिसकी ओर से उसका प्रतिनिधि काम करे, मूलपुरुष, स्वामी, मालिक [I must consult my ~], 5 मूल, मूलधन, 6 (छत की) मुख्य कड़ी, धरन

principality प्रिन्सि-पैलिटि *n* राज्य, रियासत

principally *adv* मुख्यत:, प्रधानत:, अधिकांश, अधिकतर

principle प्रिन्सिपल *n* 1 मूल तत्त्व [the ancients held water to be the first ~ of all things], 2 (तर्क या विषय का) आधारभूत तथ्य, मूल तत्त्व, सिद्धान्त [~s of geometry etc], 3 सदाचार का नियम, नैतिक नियम, उसूल, a man of high ~ सदाचारी या सच्चरित्र व्यक्ति, मर्यादा का पालन करने वाला, सत्यनिष्ठ, ईमानदार, **on ~** सिद्धान्तत:, उसूलन, 4 *phys* नियम, सिद्धान्त [~ of gravitation], **in ~** सिद्धान्त रूप में, मोटे तौर पर, 5 *chem* तत्त्व, घटक, colouring ~ रंग देने वाला तत्त्व, रंजक तत्त्व

principled प्रिन्सि-पल्ड *a.* high-~ सच्चरित्र, चरित्रवान्, महानुभाव; low-~ दुश्चरित्र, दुष्ट, नीच, पाजी

prink प्रिङ्क *vt* & *i* 1 to ~ (oneself) up बनाव-शृंगार करना; बनना-ठनना, 2 (of bird) पंखों को सँवारना

print^{1} प्रिन्ट *n* 1 छाप, ठप्पा, चिन्ह, निशान [finger~, foot~], 2 मुद्रण, छपाई; छपाई के अक्षर [large, small, ~], 3 the book is in ~ पुस्तक छप गई है, छपी हुई है, बिक रही है, प्राप्य है; **is out of ~** सब प्रतियां बिक चुकी हैं, अप्राप्य है, 4 **to rush into ~** पुस्तक या समाचार छपवाने की उतावली करना, 5 छींट, 6 (फ़ोटो की) प्रति

print^{2} *vt* 1 निशान या चिन्ह लगाना, ठप्पा लगाना, मोहर लगाना, 2 *fig* छाप लगाना, अंकित करना, बिठाना [to ~ an idea **on** the mind, memory], 3 (पुस्तक, चित्र आदि) छापना, मुद्रित करना, (फ़ोटो-प्रति) तैयार करना, (छपाई की तरह अंग्रेज़ी के) अलग-अलग अक्षर लिखना [Print your name here], 4 कपड़े पर रंगदार बेल-बूटे छापना, छींट बनाना

printer प्रिन्टर *n* मुद्रक; छापेख़ाने का मालिक; **~'s devil** मुद्रण-दोष (also see devil^{1}, 6); ~**y** *n* (U.S.) मुद्रणालय

printing प्रिन्टिङ्ग *n* 1 छपाई, मुद्रण; 2 **~ press** (i) छपाई की मशीन, मुद्रण-यन्त्र; (ii) मुद्रणालय, छापाखाना

prior^{1} प्राइअर *n* (ईसाई मठ का) महन्त, उप-मठाधीश; fem. ~**ess** महन्तिन; ~**y** *n* मठ

prior^{2} *a* & *adv* (काल या क्रम या महत्त्व में किसी से) पहला, पूर्व [~ claim]; पूर्ववर्ती; *adv* से पहले, से पूर्व [prior to my departure]

priority प्राइ-ओॅरिटि *n* 1 पूर्वता, अग्रता, प्रथमता, प्राथमिकता, अपेक्षाकृत अधिक महत्त्व [I give ~ to children's education]; **top ~** (*colloq*) सर्वाधिक महत्त्व, सर्वप्रथमता; 2 औरों से पहले करने का काम; अपेक्षाकृत अधिक महत्त्व का काम [Road building is a first ~]; 3 **to have ~ over s.o.** (कोई काम) किसी व्यक्ति से पहले करने का अधिकार होना; 4 पूर्ववर्ती होना, पूर्ववर्तिता

prism प्रिज़्म *n* कांच की पारदर्शक घन आकृति जिसके दो सिरे त्रिभुजाकार और तीन सतहें आयताकार हों, प्रिज़म; **pentagonal ~** पंचकोणी प्रिज़म (जिसके दो सिरे पंचकोणी और अन्य सतहें समान्तर-चतुर्भुज हों

prismatic प्रिज़्-मैटिक *a* 1 (see prec) प्रिज़म का, प्रिज़म-जैसा, प्रिज़्मीय, 2 (of colour's) (i) इन्द्र-धनुषी, (ii) चमकीला, शोख़

prison प्रिज़न *n* 1 कारागार, कैदख़ाना, जेल, जेलख़ाना, हवालात, 2 कैद, कारावास, **to put s.o. in ~** कैद करना, 3 *comb*: **~-bird** = gaol-bird, **~-breaker** जेल से निकल भागने वाला कैदी; **~-house** (usu *rhet.*) कारागार

prisoner प्रिज़्नर *n* बन्दी, कैदी; **~ of State, state ~** राजनीतिक कैदी, राजबन्दी; **~ of war** (*abbr* **P.O.W.**) युद्धबन्दी; **to take s.o. ~** पकड़ कर बन्दी बना लेना [Hundreds of troops were taken ~]; **~ of conscience** अन्त:करण या अन्तरात्मा की प्रेरणा के कारण विरोध-प्रदर्शन करने पर कैद किया गया व्यक्ति, अन्त:करणी बन्दी

pristine प्रिस्टीन *a* पहले जमाने का, प्राचीन, पुरातन [~ glory]

prithee प्रिदि *int.* (*arch*) कृपया [=(I) pray thee]

privacy प्राइवसि *n* 1 एकान्त, एकान्त स्थान [to live in ~], एकान्तवास [I wouldn't disturb his ~], 2 परदा, ओट [the desire for ~], 3 गुप्त रखना या रखा जाना, गोपन, छिपाव

private प्राइविट *a* & *n* 1 ग़ैर-सरकारी, अशासकीय, अराजकीय; (*Parl*) **~ member** जो मन्त्रिमण्डल का सदस्य न हो, ग़ैरसरकारी सदस्य; ~ school ग़ैर-सरकारी स्कूल, 2 गुप्त [The matter was kept ~]; private and confidential गुप्त एवं गोपनीय; 3 जो आम लोगों के लिए न हो, असार्वजनिक, ख़ासगी [~ door, entrance], 4 अपना, निजी, व्यक्तिगत [~ house, property, income, opinion, etc], 5 (of place etc.) अलग-थलग, एकान्त, विविक्त; ~ conversation *or* interview एकान्त में बातचीत या भेंट, 6 *comb*: ~ agreement आपसी समझौता; **~ enterprise** ग़ैर-सरकारी या निजी उद्यम; **~ life** व्यक्तिगत (न कि सार्वजनिक) जीवन; **~ parts** उपस्थ; (*mil*) **~ soldier** साधारण सैनिक, **~ wrong** व्यक्ति (न कि समाज) के प्रति अपराध, व्यक्ति का अपकार; *n* 1 एकान्त, एकान्तस्थान, **in private** (i) अकेले में, एकान्त में, दूसरों से अलग, (ii) व्यक्तिगत जीवन में, 2 साधारण सैनिक

privateer प्राइवि-टिअर *n* 1 ग़ैर-सरकारी सशस्त्र पोत (जिसे शत्रु-राष्ट्र के विरुद्ध लड़ने और उसके व्यापारिक जहाज़ों को पकड़ने की अनुमति होती है), 2 ऐसे जहाज़ का कप्तान; **~ing** *n* ग़ैर-सरकारी जहाज़ की गश्त (also see cruise, 1)

privation प्राइ-वेशन *n* 1 (किसी गुण का) अभाव, राहित्य, 2 जीवन की आवश्यकताओं का अभाव, दरिद्रता, कंगाली, तंगी [to live in ~, to die of ~], (दरिद्रता के कारण) कष्ट, कठिनाई [He suffered many ~s]

privative प्राइव-टिव *a* अभावात्मक, अभावसूचक

privilege^1 प्रिविलिज *n* 1 अधिकार, विशेषाधिकार, ~ of Parliament, Parliamentary ~ संसद् या संसद्-सदस्यों का विशेषाधिकार, संसदीय विशेषाधिकार, **breach of ~** विशेषाधिकार का उल्लंघन, 2 लाभ, सुविधा, सौभाग्य, ख़ास बात, Even to see him is a ~ उसके दर्शन करना भी सौभाग्य की बात है, 3 छूट, रियायत, **~ ticket order** (*abbr* **P.T.O.**) रियायती टिकट आदेश

privilege^2 *vt* 1 विशेषाधिकार देना; 2 विशेष सुविधा देना; to be ~d to do sth कोई काम करने का विशेषाधिकार या सुविधा प्राप्त होना; 3 छूट देना, रियायत देना; **~d** *a* विशेषाधिकार-प्राप्त, सुविधा-प्राप्त; छूट-प्राप्त, जिसे रियायत मिली हुई हो; **the ~d classes** वे वर्ग जिन्हें धन-संपत्ति, सुख-सुविधा, उच्चशिक्षा आदि के अवसर प्राप्त हैं, विशेषाधिकार-प्राप्त वर्ग

privity प्रिविटि *n* (*law*) (कानून द्वारा मान्य) संबंध

privy प्रिवि *a* & *n* 1 (of things, place) गुप्त, गुह्य, छिपा हुआ; **~ parts** (*arch*) गुप्तांग, उपस्थ, (of action) गुप्त; 2 जिसे कोई अपनी गुप्त योजना बता दे, (रहस्य) जानने वाला, **to be ~ to sth** किसी (गुप्त) बात का पता या ज्ञान होना [I was ~ to his designs], 3 **P~ Council** (ब्रिटिश) सम्राट् के निजी सलाहकारों की परिषद् (आजकल सलाहकार तो प्राय: मन्त्रिमण्डल के सदस्य होते हैं), प्रीवी काउन्सिल; 4 **~ purse** नरेश को निजी ख़र्च के लिए मिलने वाला धन, निजी थैली, जेब ख़ास, *n* 1 शौचालय, 2 किसी काम में भाग लेने वाला, भागीदार, साथी, संसर्गी

prize^1 प्राइज़ *n* & *vt* 1 पुरस्कार, पारितोषिक, इनाम, 2 वस्तु जिसके लिए विशेष प्रयत्न किया जाए, काम्य वस्तु, 3 *attrib* पुरस्कार पाने वाला, पुरस्कृत [~ ox, poem, novel, etc], उत्कृष्ट, 4 *comb*: **~-fight** पुरस्कार्थ (घूंसेबाजी का) मुकाबला; **~-man** पुरस्कारविजेता, पुरस्कृत व्यक्ति; **~-money** इनाम का रुपया (also see foll^2); *vt* अति मूल्यवान्

समझना, बहुत कद्र करना [We ~ liberty more than life]

prize^{2} *n* & *vt* 1 युद्ध में पकड़ा गया जहाज़ या माल, लूट का माल, समुद्री लूट, 2 **to make ~ of** (a ship, cargo, etc) जहाज़ पकड़ लेना, माल लूट लेना, 3 **~-court** नौ-सैनिक न्यायालय का वह विभाग जो लूट के माल का निपटारा करता है, समुद्री लूट का न्यायालय, **~-money** लूट के माल की विक्री से प्राप्त धन; लूट का धन, 4 *fig* अकस्मात् मिला धन

prize^{3}, **prise** *vt* सलाई आदि से ज़ोर लगाकर खोलना [to ~ a lid open], सलाख़ से ज़ोर लगाकर उठाना [to ~ sth up]

pro^{1} प्रो L. *prep* 1 **pro forma** *adv* & *a* रूप या ढंग बताने के लिए (बना), दर्शनार्थ नमूना, प्रोफ़ार्मा **pro forma invoice** बीजक का नमूना, दर्शनार्थ बीजक, 2 **pro tempore** (*abbr* **pro tem.**) *adv* & *a* थोड़ी देर के लिए, फ़िलहाल [was made secretary pro tem.], *adj* अस्थायी [the pro tem. secretary]

pro^{2}**-** *pref* 1 का पक्षपाती, तरफ़दार, समर्थक [pro-British, pro-Communist], 2 सहायक, उप-, **pro-rector** उपाचार्य, उपाध्यक्ष, उपाधिष्ठाता

pro & con *a*, *prep* & *n* 1 *a* (of arguments) पक्ष तथा विपक्ष के, 2 *prep* के पक्ष या विपक्ष में, 3 *n* (in *pl*) **pros & cons** पक्ष तथा विपक्ष में दी गई दलीलें, पक्ष-विपक्ष

proa प्रोअ *n* मलाया (Malaya) का डोंगा, डोंगी

probabilism प्रॉ-बबिलिज़म *n* यह सिद्धान्त कि सन्देहरहित ज्ञान तो उपलब्ध नहीं है किन्तु विश्वास कर लेने के लिए पर्याप्त कारण शायद उपलब्ध हैं, संभाव्यवाद

probability प्रॉब-बिलिटि *n* 1 संभाव्यता, अति संभावना, प्रायिकता [The ~ is that he will come]; **in all ~** बहुत संभव है कि . . ., 2 संभाव्य घटना

probable प्रॉब-बल *a* 1 संभाव्य, संभव, संभावित, 2 जिसे माना जा सके, जो देखने में ठीक लगे, जंचता हुआ [a ~ story]; **probably** *adv* संभवत:, संभाव्यत:, लगता है कि · · ·

probate प्रोबेट *n* 1 इच्छापत्र-प्रमाणन, 2 इच्छापत्र की प्रमाणित प्रति, प्रमाणित इच्छापत्र, वसीयत-प्रमाणपत्र

probation प्र-बेशन *n* 1 व्यक्ति को धार्मिक संघ में लेने या नौकरी में पक्का करने से पहले कुछ समय तक उसके आचरण आदि की परीक्षा, परिवीक्षा, 2 युवा अपराधी को जेल से रिहा कर के किसी अधिकारी की देखरेख में रखना, 3 परिवीक्षा-अवधि, परिवीक्षा-काल, 4 **on probation** परिवीक्षाधीन; **~ officer** देखरेख करने वाला अधिकारी, परिवीक्षा-अधिकारी

probationary प्रबेशनरि *a* (see prec.) परिवीक्षाधीन, 2 परिवीक्षार्थ, परिवीक्षात्मक, **~ period** परिवीक्षा-काल

probationer प्र-बेशनर *n* 1 परिवीक्षाधीन व्यक्ति या कर्मचारी, परिवीक्षार्थी, 2 (रिहा किया गया) परिवीक्षाधीन अपराधी

probative प्रोब-टिव *a* 1 (of evidence) प्रमाणित करने वाला, प्रमाणक

probe^{1} प्रोब *n* 1 (घाव को कुरेद कर देखने की) सलाई, (अन्वेषी) शलाका, 2 (मानवरहित) अन्वेषक अन्तरिक्षयान, 3 *fig* छानबीन, जांच, तहकीकात

probe^{2} *vt* & *i* 1 (घाव आदि को) सलाई से देखना या टटोलना, औज़ार खुबा कर देखना, 2 *fig* परीक्षा या जांच करना, छानबीन करना [to ~ a report]; गहराई या तह में जाना [to ~ a mystery], किसी के मन की बात जानने की कोशिश करना [to ~ s.o., his motive, etc], *vi* to probe **into** the past अतीत का अध्ययन या अनुशीलन करना

probity प्रॉबिटि *n* ईमानदारी, सच्चाई, सत्यनिष्ठा

problem प्रॉब्लम *n* 1 कठिन प्रश्न, समस्या; 2 *attrib*: **~ child** जिसे अनुशासन में रखना कठिन हो, समस्या-शिशु; **~ play, novel** सामाजिक या अन्य समस्या पर आधारित नाटक या उपन्यास; समस्या-नाटक, समस्या-उपन्यास, 3 जो बात समझ में न आये, दुरूह विषय, पहेली [His whole conduct is a ~ to me], 4 *geom* निर्मेय (cf. theorem); (chess) समस्या

problematic(al) प्रॉब्ल-मैटिक(ल) *a* 1 सन्दिग्ध, सन्देहपूर्ण, सन्देहास्पद, अनिश्चित [Its success is problematical], 2 समस्यात्मक, विवादास्पद

problemist प्रॉब्लमिस्ट *n* (वि० शतरंज की) समस्या रचने अथवा सुलझाने वाला

proboscidean, -ian प्रॉबॉ-सिडिअन *aa*, *nn* (f. foll) सूंड वाला (हाथी आदि पशु), आगे को बढ़े हुए मुंह वाला (कीड़ा), *a* सूंड-जैसा, शुण्डाकार

proboscis प्र-बॉसिस *n* 1 सूंड, शुण्ड, शुण्डा, 2 (कुछ कीड़ों का) आगे को बढ़ा हुआ मुंह, 3 (*joc*) (मनुष्य की) नाक

procedural प्र-सीजरल *a* (f. foll) कार्यविधि-संबंधी, कार्यविधिक [~ debate]

procedure प्र-सीजर *n* काम करने का ढंग, कार्यविधि, कार्यपद्धति, कार्यप्रणाली, क्रियाविधि, प्रक्रिया

proceed प्र-सीड *vi* 1 आगे चलना, आगे बढ़ना, to ~ (on one's way) (अपनी राह पर) चलते जाना; to **~ to** a place की ओर जाना या चल पड़ना; 2 करने लगना [**to ~ to do sth**], 3 कार्यविधि अपनाना, How shall we ~ ? किस ढंग से काम किया जाये? 4 दावा करना, मुकदमा चलाना [**to ~ against s.o.**], 5 कहना जारी रखना, आगे कहना, 6 (of action) होते रहना, चलना, 7 पैदा होना, निकलना [sobs ~ing from the next room]; फल या परिणाम होना

[His conduct ~s **from** noble motives]

proceeding प्रसीडिङ्ग *n* 1 कार्यवाही, कारंवाई, काम, 2 in *pl* (प्रकाशित) कार्यविवरण [P~s of the Official Language Commission], 3 **legal ~s** कानूनी कार्यवाही

proceeds प्रोसीड्ज *n pl* (बिक्री से होने वाली) आय, आमदनी, प्राप्ति

process^1 प्रोसेस *n* 1 प्रगति, काम का जारी रहना; The house is **in ~ of** construction मकान बन रहा है; **in process of time** समय पा कर, ज्यों-ज्यों समय बीतता जायेगा या बीतता गया; 2 क्रियाविधि, विधि, प्रक्रिया [chemical, mechanical, ~; the ~ of digestion etc], कार्यविधि, प्रणाली, 3 (उद्योग आदि में प्रयुक्त) विधि, तरीका; 4 *law* (i) कानूनी कार्यवाही, मुकदमा, (ii) सम्मन, आदेशिका, 5 *anat, zool, bot* प्राणी के शरीर पर फोड़े के आकार में बढ़ा हुआ मांस, उभार, उठान, प्रवर्ध

process^2 *vt* 1 (कच्चे माल को विशेष प्रक्रिया द्वारा) तैयार करना, संसाधित करना, (खाद्य पदार्थ का) परिरक्षण करना, 2 (फ़ोटो-चित्र आदि) तैयार करना [to ~ a film], 3 (मामला) तैयार करना [to ~ a case]; **~ed** *a* 1 तैयार, 2 परिरक्षित; ~ed film संसाधित फ़िल्म; ~ed milk संसाधित दूध

procession प्र-सेशन *n* जलूस, शोभायात्रा, to go, walk, in procession जलूस बना कर जाना या चलना; **~al** प्र-सेशनल *a* जलूस का, जलूस-संबंधी; **~ist** प्र-सेशनिस्ट *n* जलूस के साथ जाने वाला, शोभायात्री

proclaim प्र-क्लेम *vt* 1 घोषणा करना, घोषित करना, एलान करना [to ~ s.o. king, a traitor, etc], 2 प्रकट करना, दर्शाना, ज़ाहिर करना [His face ~s his guilt]

proclaimed *a* घोषित, उद्घोषित [a ~ offender]

proclamation प्रोक्ल-मेशन *n* 1 घोषणा, उद्घोषणा, एलान, 2 ढिंढोरा, मुनादी, 3 घोषणापत्र; **proclamatory** प्र-क्लैम-टरि *a* घोषणा या उद्घोषणा का, उद्घोषणात्मक

proclivity प्र-क्लिविटि *n* प्रवृत्ति, झुकाव, रुझान, प्रवणता [~ **to (do) sth, towards sth**]

proconsul प्रो-कोन्सल *n* उपवाणिज्यदूत

procrastinate प्र-क्रैस्टिनेट *vi* काम टालना, विलम्ब करना, देर लगाना, **procrastination** प्र-क्रैस्टिनेशन *n* 1 विलम्ब, देरी, ढील, दीर्घसूत्रता, 2 टाल-मटोल, **procrastinator** प्र-क्रैस्टिनेटर *n* 1 टालने वाला, विलम्ब करने वाला, दीर्घसूत्री, 2 टाल-मटोल करने वाला

procreant प्रोक्रिअन्ट *a* पैदा करने वाला, जनक

procreate प्रोक्रिएट *vt* पैदा करना, जनना, जन्म देना; **procreation** *n* प्रजनन; **procreative** *a* पैदा करने का, प्रजनन-संबंधी; **procreator** प्रोक्रिएटर *n* पैदा करने वाला, जन्मदाता, जनक, पिता

Procrustean प्रक्रस्टिअन *a* बलप्रयोग से या ज़बरदस्ती समानता स्थापित करने वाला [f. Procrustes, a legendary robber]

proctor प्रोक्टर *n* 1 (at Univ) अनुशासन और व्यवस्था बनाये रखने वाला अधिकारी, अनुशासक, अनुशासन-समिति का सदस्य, प्रोक्टर, 2 King's, Queen's, P~ अभिकर्ता, एजंट

procumbent प्र-कम्बन्ट *a* 1 (of person) पेट के बल लेटा हुआ, पट, 2 *bot* धरती पर फैलने वाला, विसर्पी

procurable प्रक्युअ-र-बल *a* जो प्राप्त या उपलब्ध हो सके, प्राप्य, उपलभ्य

procuration प्रोक्युरेशन *n* 1 प्राप्ति, उपलब्धि, 2 अभिकर्ता या प्रतिनिधि का काम, मुख़्तार का काम, मुख़्तारी, to act by ~ मुख़्तार या प्रतिनिधि के माध्यम से कार्यवाही करना, 3 कुटने या कुटनी का काम या अपराध

procurator प्रोक्युअ-रेटर *n* अभिकर्ता, प्राधिकर्ता, प्रतिनिधि, मुख़्तार

procure प्र-क्युअर *vt* 1 (यत्नपूर्वक) पाना, प्राप्त करना, उपलब्ध करना, हासिल करना, to ~ s.o. sth, to ~ sth for s.o. किसी को कोई चीज़ ला देना, उपलब्ध कराना, मुहैया करना, 2 *vi & t* कुटने या कुटनी का काम करना

procurement प्र-क्युअर्मन्ट *n* उपलब्धि, प्राप्ति, अधिप्राप्ति [~ of foodgrains]

procurer प्र-क्युअ-रर *n* 1 प्राप्त कराने वाला, मुहैया करने वाला, 2 दलाल, कुटना; **procuress** *n* कुटनी

prod^1 प्रोड *vt* (-dd-) 1 (छड़ी की नोक या नुकीले औज़ार से) धकेलना, कोंचना, गड़ाना [to ~ sth with sth], (पशु को) अंकुश लगाना, 2 *fig* प्रेरित करना, उत्तेजित करना, उकसाना, गोदना [to ~ s.o. into doing sth], 3 (also *vi*) छेड़ना [The boy ~ded (at) the sleeping dog with a stick]

prod^2 *n* 1 (नुकीली चीज़ से दिया गया) धक्का, धकेल, ठेल, 2 अंकुश, सूआ, शूल, 3 *fig* तनिक प्रोत्साहन, प्रेरणा

prodigal प्रोडिगल *a & n* 1 बहुत ख़र्च करने वाला (व्यक्ति), ख़र्चीला, फ़ज़ूलख़र्च, अतिव्ययी, उड़ाऊ, 2 मुक्तहस्त से या दिल खोलकर देने वाला, वदान्य, उदार; **to be ~ of sth** = to be lavish of sth (see lavish); **prodigality** प्रोडि-गैलिटि *n* 1 फ़ज़ूलख़र्ची, अतिव्ययिता, 2 वदान्यता, उदारता; **prodigally** *adv.* to give prodigally मुक्तहस्त से या दिल खोल कर देना

prodigious प्र-डिजस *a* 1 आश्चर्यजनक, अद्भुत,

2 असाधारण, विलक्षण, 3 बहुत बड़ा, बृहदाकार

prodigy प्रॉडिजि *n* 1 आश्चर्यजनक या अद्भुत वस्तु, चमत्कार, कौतुक, 2 विलक्षण प्रतिभासंपन्न व्यक्ति 3 (गुण का) अद्भुत उदाहरण या नमूना [~ of memory etc]

prodrome प्रॉड्रोम *n* 1 (किसी ग्रन्थ का विषय समझाने वाली) प्रारंभिक पुस्तक, प्रवेशिका [~ to a book], 2 भूमिका, प्रस्तावना, 3 *med* प्रारंभिक लक्षण [~ of a disease]

produce^{1} प्रॉड्यूस *n* 1 (खेती आदि की) उपज, पैदावार, उत्पाद, उत्पादन [farm, dairy, ~], 2 परिणाम, फल [the ~ of one's labour, efforts, etc]

produce^{2} प्र-ड्यूस *vt* 1 सामने लाना, पेश करना, प्रस्तुत करना, दिखलाना [to ~ witnesses, documents, etc; P~ your tickets], 2 (रंगमंच पर) प्रस्तुत करना [to ~ a play], प्रकाशित करना [to ~ a book], 3 (माल) निर्माण करना, बनाना, तैयार करना, उत्पादित करना, उत्पादन करना, 4 पैदा करना, उत्पन्न करना [to ~ foodgrains; to ~ a sensation, sound, etc], 5 (of animal) प्रजनन करना, जन्म देना, जनना, 6 *geom* (रेखा) बढ़ाना [to ~ a straight line]

producer प्र-ड्यूसर *n* 1 (माल का) उत्पादक, निर्माता, 2 (रंगमंच पर नाटक, प्रसारण कार्यक्रम) प्रस्तुत करने वाला, प्रस्तुतकर्त्ता, निर्देशक, 3 (चलचित्र का) निर्माता

producible प्र-ड्यूसिबल *a* पेश करने लायक, प्रस्तुत करने लायक

product प्रॉडक्ट *n* 1 उत्पन्न की हुई वस्तु, उपज, 2 निर्मित वस्तु, माल, उत्पाद, 3 परिणाम, फल [the ~ of one's labours], 4 *math* गुणनफल

production प्र-डक्शन *n* 1 पेश करना, प्रस्तुत करना, प्रस्तुति [~ of a document etc], 2 उत्पत्ति, उत्पादन, (माल की) तैयारी, निर्माण, 3 पैदावार, उपज, 4 (नाटक का) प्रस्तुतीकरण, प्रोग्राम की तैयारी, 5 (साहित्यिक) रचना, कृति, कलाकृति

productive प्र-डक्टिव *a* 1 उत्पन्न या पैदा करने वाला [~ of annoyance, figs, etc], 2 *econ* माल की तैयारी का साधनभूत, उत्पादक, उत्पादनकारी, उत्पादी [~ labour], 3 (of land) बहुत उपज देने वाला, उपजाऊ, उर्वर, 4 ~ writer बहुत लिखने वाला, लिक्खाड़; ~**ness**, **productivity** *nn* 1 उत्पादकता, उत्पादनक्षमता, उत्पादिता, 2 उर्वरता, उपजाऊपन

proem प्रोइम *n* भूमिका, प्रस्तावना, आरंभ

profanation प्रॉफ़-नेशन *n* (see foll) अवमानना; अपावनीकरण, अपवित्रीकरण

profane^{1} प्र-फ़ेन *vt* (सम्मानयोग्य वस्तु का) अपमान करना, (मन्दिर आदि पवित्र स्थान) अपवित्र करना, नापाक करना, दूषित करना

profane^{2} *a* 1 जो वेद, बाइबिल आदि से संबंध न रखता हो, अवैदिक, लौकिक [~ literature, writer], 2 धर्मबाह्य, अधार्मिक, नास्तिक, अदीक्षित, 3 ईश्वरनिन्दक, ईश्वर-निन्दा का [~ word], 4 अपवित्र, भ्रष्ट

profanity प्र-फ़ैनिटि *n* 1 (of literature) लौकिकता, 2 (of action) अपवित्रता, अधार्मिकता, 3 in *pl* ईश्वरनिन्दा या धर्मनिन्दा के शब्द [Don't utter profanities]

profess प्र-फ़ेस *vt* 1 कहना, बताना, जताना, दिखाना [to ~ oneself satisfied], 2 दिखावा करना, ढोंग करना [They ~ed regret], 3 दावा करना [to ~ to be a scholar], 4 का व्यवसाय या पेशा या धंधा करना; to ~ law, medicine वकालत करना, डाक्टरी करना, 5 पढ़ाना, का प्राध्यापक होना [to ~ history etc], 6 श्रद्धा या विश्वास या आस्था रखना, (धर्म को) मानना, (धर्म का) अनुयायी होना [He ~es Christianity]

professed प्र-फ़ेस्ट *a* 1 अपने बारे में एलान या घोषणा करने वाला, स्वख्यापित [~ enemy of the Government], 2 उपाधि प्राप्त होने का दावा करने वाला [a ~ anatomist], 3 दीक्षित [a ~ monk, nun]; ~**ly** प्र-फ़ेसिड्लि *adv* खुल्लमखुल्ला, प्रकट रूप से [He is ~ly an agnostic]

profession प्र-फ़ेशन *n* 1 घोषणा, एलान, ख्यापन, दावा, प्रकट कथन, (मुंह से) कहना [in practice, if not in ~], 2 स्वीकृति, स्वीकार, स्वीकरण, अंगीकार, मानना [~ of faith], 3 व्यवसाय, पेशा, काम, धंधा, वृत्ति; **the profession** (i) व्यवसाय-विशेष के लोग, (ii) *sl* रंगमंच से सबंधित लोग, अभिनेतागण; **the learned ~s** पादरीवृत्ति, वकालत और डाक्टरी, 4 (धार्मिक संप्रदाय या संघ में) दीक्षा; to make one's ~ दीक्षा लेना

professional प्र-फ़ेशनल *a* 1 व्यवसाय से संबंधित, धंधे या काम का [~ ability], 2 व्यवसायी, व्यावसायिक, वृत्तिक, पेशेवर; ~ advice संबंधित व्यवसाय के आदमी (वि० डाक्टर, वकील, इंजीनियर) की सलाह, व्यावसायिक परामर्श; ~ diplomat राजनयिक सेवा का सदस्य, वृत्ति-राजनयिक; ~ politician राजनीति-व्यवसायी; वृत्ति-राजनीतिज्ञ, ~ player पेशेवर खिलाड़ी (अर्थात् जो खेल से जीविकोपार्जन करता है); *n* पेशेवर व्यक्ति, व्यवसायी, वृत्तिक

professionalism प्र-फ़ेशनलिज़म *n* 1 व्यवसायी व्यक्तियों (वि० पेशेवर खिलाड़ियों) का उपयोग करना, 2 व्यवसाय या व्यवसायी की विशेषता, व्यावसायिक गुण

professor प्र-फ़ेसर *n* 1 प्राध्यापक, आचार्य, प्रोफ़ेसर, 2 (धर्म-विशेष को) मानने वाला [~ of a religion]; ~**ate** *n* 1 आचार्यपद, आचार्यत्व, 2 आचार्यगण, प्राध्यापकगण; ~**ial** *a* आचार्य का,

आचार्योचित; ~iate *n*=professorate; ~ship *n* 1 आचार्यपद, प्राध्यापकपद, प्राध्यापक का काम, प्रोफ़ेसरी

proffer प्रॉफ़र *vt* & *n* (*liter*) देना, प्रदान करना, पेश करना; *n* पेशकश, प्रस्ताव

proficiency प्र-फ़िशन्सि *n* निपुणता, प्रवीणता, दक्षता, पांडित्य, योग्यता, लियाक़त

proficient प्र-फ़िशन्ट *a* निपुण, प्रवीण, दक्ष, योग्य, पंडित [~ in a subject, an art, **in doing** sth]

profile^{1} प्रोफ़ाइल *n* 1 (वि० मानव-मुख की) एकरुख़ी तसवीर, पार्श्वचित्र, पार्श्विका [**drawn in** ~], 2 (लेख या प्रसारण के लिए) संक्षिप्त जीवनी, संक्षिप्त चरित्र-चित्रण, 3 एकरुख़ी ख़ाका, पार्श्व रेखाचित्र, बाह्य रूपरेखा, रूपरेखा, **to keep a low** ~ सार्वजनिक स्थानों में कम आना-जाना या कम दिखाई देना, (किसी कार्यवाही में) कम भाग लेना, पीछे-पीछे रहना, आगे न आना [The ex-President keeps his political ~ low enough]. **to keep a high** ~ आगे-आगे रहना, सिर ऊंचा रखना, (कार्यवाही में) बढ़-चढ़ कर भाग लेना, 4 *theatr* (पर्दे पर बना) प्राकृतिक दृश्य का रेखाचित्र

profile^{2} *vt* पार्श्वचित्र या रेखाचित्र खींचना, ख़ाका बनाना [The trees are ~d against the horizon]

profit^{1} प्रॉफ़िट *n* 1 लाभ, फ़ायदा, to turn sth **to** ~ किसी चीज़ से लाभ उठाना; 2 (आर्थिक) लाभ, नफ़ा, मुनाफ़ा [to sell sth **at a** ~], 3 ~**-margin** लाभ की गुंजाइश; लाभ की मात्रा, ~**-sharing** मालिक और कर्मचारियों के बीच लाभ का विभाजन, लाभ-सहभाजन; ~**less** *a* लाभरहित, व्यर्थ, बेकार, बेफ़ायदा

profit^{2} *vt* & *i* 1 (of thing) लाभदायक होना, हितकर होना, फ़ायदा पहुंचाना; What will it ~ you? इससे तुम्हें क्या लाभ होगा? 2 *vi* लाभ उठाना, लाभान्वित होना [to ~ **by** sth, **by** s.o.'s advice]

profitable प्रॉफ़ि-ट-बल *a* 1 लाभप्रद, लाभदायक, 2 मुनाफ़ा देने वाला, लाभकर, लाभकारी

profiteer प्रॉफ़ि-टिअर *n* & *vi* (भोक्ताओं की मुसीबत के समय, वि० युद्धकाल में) बहुत अधिक मुनाफ़ा लेने वाला व्यापारी, मुनाफ़ाख़ोर; *vi* बहुत अधिक मुनाफ़ा लेना, मुनाफ़ाख़ोरी करना; ~**ing** *n* मुनाफ़ाख़ोरी

profligacy प्रॉफ़्लि-गसि *n* 1 लंपटता, व्यभिचार, 2 अतिव्ययिता, फ़ज़ूलख़र्ची

profligate प्रॉफ़्लगट *a* & *n* 1 विषयी, लंपट, व्यभिचारी, दुश्चरित्र (व्यक्ति), चरित्रहीन (व्यक्ति), 2 अतिव्ययी (व्यक्ति), फ़ज़ूलख़र्च (आदमी)

pro forma (see pro^{1})

profound प्र-फ़ाउन्ड *a* 1 गहरा, प्रगाढ़ [~ sleep], बहुत अधिक, अतिशय, अथाह, गहन [to take a ~ interest in sth], 2 गहराई में जाने वाला; ~ scholar प्रकांड पंडित; ~ statesman दूरदर्शी राजनीतिज्ञ; ~ treatise विद्वत्तापूर्ण निबन्ध, 3 जिसका जानना कठिन हो, दुर्बोध, दुरूह, गूढ़ [~ doctrine, secret]; ~**ly** *adv* अत्यन्त; ~**ness, profundity** प्र-फ़न्डिटि *nn* 1 गहराई, गहनता, अगाधता, 2 दुरूहता, दुर्बोधता, गूढ़ता

profuse प्र-फ़्यूस *a* 1 वदान्य, उदार, मुक्तहस्त [~ **in**, **of**, gifts, promises, expenditure, etc], ~ **of** praise मुक्तकण्ठ से प्रशंसा करने वाला, 2 (of things) प्रचुर, विपुल, अतिशय, बहुत अधिक [~ bleeding]; ~**ness** *n* अधिकता [~ness of bleeding]

profusion प्रफ़्यूश्ज़न *n* प्रचुरता, अधिकता, बाहुल्य, बहुतायत, भरमार

progenitive प्र-, प्रो-जॆनिटिव *n* प्रजननक्षम; प्रजनन-संबंधी

progenitor प्र-, प्रो-जॆनिटर 1 पूर्वज, पुरखा, 2 जनक, प्रजनक, 3 *fig* (राजनीति, विज्ञान आदि के क्षेत्र में किसी का) पूर्ववर्ती

progeniture प्र-, प्रो-जॆनिचर *n* संतान; सन्तानोत्पत्ति

progeny प्रॉजिनि *n* 1 (of man) संतान, संतति, औलाद, बाल-बच्चे, (of animal) नसल, 2 वंशज, 3 *fig* परिणाम, फल, नतीजा

prognathic, -nathous प्रॉग्नैथिक, -नेथस *aa* 1 जिसका जबड़ा बाहर को निकला हुआ हो, बहिर्गतहनु, 2 (of jaws) बाहर को निकला हुआ, बहिर्गत

prognosis प्रॉग्-नोसिस *n* (*pl* -oses) 1 पूर्वसूचना, पूर्वबोध, पूर्वज्ञान, 2 *med* (रोग के घटने-बढ़ने या उसकी अवधि का) पूर्वानुमान

prognostic प्रॉग्-नॉस्टिक *n* & *a* पूर्वसूचना, शकुन, (रोग का) पूर्व लक्षण; *a* पूर्वसूचक, (रोग का) लक्षणभूत

prognosticate प्रॉग्-नॉस्टिकेट *vt* 1 भविष्यवाणी, करना [to ~ an event], 2 (of things) पूर्वसूचना देना, शकुन या लक्षण या संकेत होना, **prognostication** *n* 1 भविष्यवाणी (करना), भविष्यकथन, 2 पूर्वसूचना, पूर्वसंकेत, लक्षण, शकुन; **prognosticatory** *a* पूर्वसूचक

programme प्रोग्रैम *n* & *vt* 1 कार्यक्रम, कार्यसूची, 2 योजना, 3 (*colloq*) What's the ~ for today? आज क्या काम होगा?, *vt* कार्यक्रम बनाना, (काम की) योजना तैयार करना या बनाना

progress^{1} प्रोग्रॆस *n* 1 (in space) अग्रगति, प्रगति, 2 जारी रहना; The work **is in** ~ काम हो रहा है, 3 उन्नति, तरक्की, प्रगति, वृद्धि, विकास, **to make** ~ उन्नति करना, प्रगति करना, आगे बढ़ना [He made good, no, some, fast, slow, etc ~ in his studies]; the ~ of civilization सभ्यता का विकास

progress^2 प्र-ग्रेˊस *vi* 1 आगे चलना, आगे बढ़ना, [The work is ∼ing]; 2 उन्नति करना, प्रगति करना [to ∼ **in** one's studies], विकास होना [Science ∼es], 3 The patient is ∼ing रोगी अच्छा हो रहा है

progression प्र-ग्रेˊशन *n* 1 गति, अग्रगति, mode of ∼ चलने या आगे बढ़ने का ढंग, 2 श्रेणी, श्रेढी [Arithmetical, Geometric, ∼], 3 *mus* एक स्वर (या स्वरसंघात) के बाद दूसरा निकालना, स्वरक्रम

progressionist प्र-ग्रेˊशनिस्ट *n* प्रगतिवादी, सुधारवादी

progressive प्र-ग्रेˊसिव *a* & *n* 1 आगे जाने वाला, अग्रगामी [∼ motion], 2 क्रमश: होने वाला, क्रमिक, उत्तरोत्तर, लगातार [∼ rise, fall], 3 (रहन-सहन के ढंग तथा उद्योग-धंधों आदि में) उन्नति करने वाला, प्रगतिशील [a ∼ nation]; 4 प्रगतिवादी, सुधारवादी [∼ party, principles], ∼ **education** (आधुनिक वैज्ञानिक विधि पर आधारित) प्रगतिवादी शिक्षाप्रणाली, 5 (of disease) बराबर बढ़ता हुआ, वर्धमान, *n* प्रगतिवादी (व्यक्ति); ∼**ly** *adv* धीरे-धीरे, क्रमश: उत्तरोत्तर; ∼**ness** *n* प्रगतिशीलता; **progressivism** *n* प्रगतिवाद

prohibit प्र-हिबिट *vt* 1 मना करना, का निषेध करना, का प्रतिषेध करना, की मनाही करना [to ∼ smoking], 2 (व्यक्ति को) मना करना, रोकना, न करने देना [to ∼ s.o. **from doing** sth]

prohibited *a* निषिद्ध, वर्जित, मना

prohibition प्रोहि-बिशन *n* 1 मनाही, निषेध, प्रतिषेध, 2 निषेधाज्ञा, 3 शराब आदि मादक द्रव्य बेचने की मनाही, मद्यनिषेध, नशाबन्दी; ∼**ist** *n* मद्यनिषेध का समर्थक, मद्यनिषेधवादी

prohibitive प्र-हिबिटिव *a* 1 रोकने वाला, निरोधक, 2 वस्तु के उपयोग या दुरुपयोग को रोकने वाला, निषेधी, ∼ tax अत्यधिक कर; ∼ **price** इतना अधिक मूल्य कि कोई ख़रीद न सके, अत्यधिक मूल्य, निषेधी मूल्य [books published at ∼ prices]

prohibitory प्र-हिबिटरि *a* निषेधात्मक, ∼ **order** (शस्त्र ले कर चलने, चार से अधिक लोगों के एकत्र होने आदि किसी प्रकार की) मनाही का हुक्म, निषेधाज्ञा

project^1 प्र-जेˊक्ट *vt* & *i* 1 सोचना, इरादा करना, योजना बनाना [to ∼ a journey]; his ∼ed visit उसकी प्रस्तावित यात्रा; 2 to ∼ oneself **into** s.o.'s, feelings किसी की भावनाओं को समझ पाना, किसी के मन में पैठना, 3 *psych* (अपने विचार या भावनाएं दूसरे व्यक्तियों या पदार्थों पर) आरोपित करना; 4 धकेलना, फेंकना [to ∼ sth **into** space]; (प्रकाश आदि) डालना, प्रक्षिप्त करना [to ∼ an image on the screen], 5 *fig* (विचार आदि) स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करना [to ∼ an idea etc, to ∼ a country's culture etc], 6 *geom* रेखाओं को बढ़ाकर (आकृति की) प्रतिकृति बनाना, (आकृति का) प्रक्षेपण करना, 7 *vi* आगे को या बाहर को निकला हुआ होना [Balcony ∼ing over the street]

project^2 प्रोˊजेˊक्ट *n* 1 योजना, परियोजना, 2 बड़ा काम (जिस पर बहुत रुपया-पैसा खर्च हो), उद्योग, 3 गवेषणा का कोई विशेष कार्य, गवेषणाकार्य, अनुसंधानकार्य; 4 (छात्रों को दिया गया) लंबे समय का काम, लंबा काम

projectile प्र-जेˊक्टाइल *a* & *n* 1 फेंकने वाला, धकेलने वाला, **प्रक्षेपक**, प्रक्षेपी [∼ force], 2 जो (तोप आदि से) फेंका जा सके, प्रक्षेप्य, *n* प्रक्षेपास्त्र

projection प्र-जेˊक्शन *n* 1 फेंकना, प्रक्षेप, प्रक्षेपण, 2 योजना बनाना, योजना, प्रायोजना, 3 मानसिक चित्र; *psych* आरोपण (see project^1, 3), 4 आगे को निकलना; आगे को निकली हुई चीज, निर्गत भाग, उभार, प्रवर्ध, 5 पर्दे पर फ़िल्म आदि का दिखाना, प्रक्षेपण

projectionist प्र-जेˊक्श्निस्ट *n* प्रोजेक्टर चलाने वाला (see foll, 2)

projector प्रोजेˊक्टर *n* 1 योजना बनाने वाला, उपाय सोचने वाला, 2 चलचित्र दिखाने का यन्त्र, प्रक्षेपित्र, प्रोजेक्टर

prolapse, prolapsus प्रोलैप्स, प्र-लैप्सस *nn* (*path*) (गर्भाशय आदि किसी अंग का) आगे या नीचे सरक जाना, पुरस्सरण

prolate प्रोलेट *a* 1 *geom* (of spheroid) जिसके दोनों सिरे लंबोतरे हों, दीर्घाक्ष (cf. oblate), 2 *fig* व्यापक

prolegomenon प्रोलि-गोˊमिनन *n* (usu in *pl* **prolegomena** प्रोलिगोˊमिन:) पुस्तक के पहले जोड़ा गया विषय या निबंध, पूर्वपीठिका, उपोद्घात

prolepsis प्र-लेˊप्सिस *n* 1 पूर्वानुमान, पूर्वज्ञान, पूर्वकल्पना, पूर्वाभास, 2 *gram* बाद में घटने वाले विशेषण का पूर्वप्रयोग, पुरोनिहिति *e.g.* I met the *departed* leader only once

proletarian प्रोलि-टेˊअरिअन *a* & *n* श्रमिक वर्ग का (सदस्य), श्रमिक, श्रमजीवी, मजदूर, सर्वहारा, ∼ class श्रमजीवी या सर्वहारा वर्ग; ∼**ism** *n* श्रमिक वर्ग के प्रभुत्व का सिद्धान्त, सर्वहारावाद

proletariat प्रोलि-टेˊअरिअट *n* 1 (समाज का) निम्नतम वर्ग, 2 *econ* श्रमिक वर्ग, श्रमजीवी-वर्ग, मजदूर-वर्ग, सर्वहारा-वर्ग

proliferate प्र-लिफ़रेट *vi* & *t* बहुत उपज होना, बहुत नसल बढ़ना, संख्या बढ़ना, बहुगुना होना, *vt* (कोशाणुओं आदि की) संख्या बढ़ाना, बहुगुना करना

proliferation प्र-लिफ़-रेशन *n* 1 बड़ी संख्या में

पैदा होना, प्रचुरोद्भव, 2 संख्यावृद्धि, प्रसार [~ of nuclear weapons]

proliferous प्र-लिफ़रस *a* 1 *bot* जिसमें पत्तों से नये पत्ते और फूलों या कलियों से नई कलियां पैदा हों, 2 *zool* बहुत बढ़ने या फैलने वाला, प्रचुरोद्भवी, *path* फैलने वाला

prolific प्र-लिफ़िक *a* 1 (बहुत) सन्तान पैदा करने वाला, बहुप्रज, बहुप्रसव [as ~ as rabbits], 2 उर्वर, उपजाऊ, बहुत फल देने वाला; 3 ~ **of** बड़ी संख्या में पैदा करने वाला; ~ **in** जिसमें किसी वस्तु का प्राचुर्य हो, से· भरपूर, 4 **a** ~ writer बहुत लिखने वाला, लिक्खाड़; ~**ity**, प्रोलि-फ़िसिटि, ~**ness** *nn* 1 बहुप्रजनन, बहुप्रजता, बहूत्पादकता, 2 (of land) उर्वरता

prolix प्रोलिक्स *a* 1 विस्तारमय, बहुत लंबा, उकता देने वाला [~ speech], 2 बहुत बोलने वाला, वाचाल, 3 (of style) विस्तारमय, शब्दाडम्बरपूर्ण (opp terse); ~**ity** प्र-लिक्सिटि *n* अति विस्तार

prologue प्रोलोँग *n* 1 भूमिका, प्राक्कथन, 2 (नाटक का) पूर्वरंग, प्रस्तावना, मंगलाचरण, आमुख, 3 *fig.* ~ **to** an event etc किसी घटना से पहले होने वाला काम या घटना, घटनाचक्र की पहली घटना, भूमिका

prolong प्र-लोँङ्ग *vt* 1 (in time or space) लंबा करना [to ~ a discussion; to ~ a line], बढ़ाना, विस्तार करना; 2 (in time) बढ़ाना, बहुत देर तक जारी रखना, विलंब करना, (मामले को) तूल देना, 3 (स्वर को) दीर्घ करना; **prolongation** प्रोलोँङ्गेशन *n* 1 विस्तार, विलंबन, 2 दीर्घीकरण, 3 बढ़ाया हुआ भाग, प्रवर्द्ध

prolonged प्रोलोँङ्ग्ड *a* 1 लंबा, दीर्घकालीन [~ discussion, journey, stay, misery, etc], 2 विस्तृत, 3 (of syllable) लंबा, दीर्घ, दीर्घीकृत

promenade^1 प्रोँमनाड *n* 1 (व्यायाम या मनोरंजन के लिए) सैर, घुड़सवारी, चहलकदमी, विहार, (सामाजिक अनुष्ठान के रूप में) पदयात्रा, 2 (सैर के लिए बनी) सड़क या मैदान, विहारपथ, विहारभूमि, सैरगाह, 3 ~ **concert** संगीत समारोह जिसमें श्रोता-गण इधर-उधर टहल सकते हैं, चल या चंक्रमण संगीत-समारोह

promenade^2 *vi & t* 1 सैर करना, घूमना-फिरना, टहलना, चहलकदमी करना, 2 *vt* to ~ the hall हाल कमरे में टहलना; to ~ s.o. किसी को (प्रदर्शन के लिए) घुमाना-फिराना

Promethean प्र-मीथिअन *a* (f. foll) प्रमीथियस के समान, (of skill) अद्भुत, विलक्षण, (of punishment) घोर

Prometheus प्र-मीथिअस *n* (*Gk myth*) ग्रीक उपदेवता जिसने मिट्टी से मनुष्य बनाया और देवताओं के निवास ओलिम्पस पर्वत से आग चुरा कर मनुष्यों को दी जिसके दण्डस्वरूप उसे एक चट्टान से बांध दिया गया

prominence प्रोँमिनन्स *n* 1 ऊंचा स्थान, उभार, उठान, ऊंचाई, 2 (वस्तु की) सुस्पष्टता, सुव्यक्तता [**to bring sth into** ~], 3 ख्याति, प्रसिद्धि [**to come into** ~], 4 महत्व, प्रमुखता, विशिष्टता, प्रधानता

prominent प्रोँमिनन्ट *a* 1 बाहर को निकला हुआ, उभरा हुआ, उठा हुआ, ऊंचा, उन्नत, 2 (of thing) साफ़ दिखाई देने वाला, स्पष्ट, व्यक्त, प्रकट, 3 (of person) उच्च कोटि का, विख्यात, लब्धप्रतिष्ठ, 4 महत्वपूर्ण, मुख्य, प्रमुख, प्रधान [to play a ~ part in an affair]

promiscuity प्रोँमिस्-क्यूइटि *n* 1 मिश्रण, गड्डमड्ड, घालमेल, संकरता, 2 अनाचार, व्यभिचार, मर्यादाहीनता, स्वैरिता

promiscuous प्र-मिस्क्युअस *a* 1 क्रमरहित और मिला-जुला, खिचड़ी-जैसा, मिश्रित, गड्डमड्ड, पंचमेल [a ~ crowd], 2 बिना भेद या फ़र्क किये, सब का [~ massacre, hospitality], 3 ~ bathing स्त्री-पुरुषों का एक जगह स्नान, सहस्नान, 4 अनाचार का, व्यभिचार का; मर्यादाहीन, स्वच्छन्द [~ sexual relations]

promise^1 प्रोँमिस *n* 1 वचन, वादा, वायदा, प्रतिज्ञा [**to make a** ~]; **to keep one's** ~ वचन निभाना, वादा पूरा करना, 2 *fig* भावी सफलता की आशा, शुभ लक्षण; **a writer of great** ~ बड़ा होनहार लेखक

promise^2 *vt & i* 1 वचन देना, प्रतिज्ञा करना, वादा करना [to ~ s.o. sth; to ~ (s.o.) to do sth]; to ~ s.o. one's daughter in marriage किसी को (कन्या का) वाग्दान करना, 2 आशा या विश्वास दिलाना, आशंका पैदा करना; action that ~s trouble कार्यवाही जिससे उपद्रव की आशंका होती है, 3 *vi* **to** ~ **well** etc सफल होने की आशा दिलाना, आशाजनक होना; **promisee** *n* (*law*) व्यक्ति जिससे वादा किया गया हो, प्रतिज्ञाती; **promising** प्रोँमिसिङ्ग *a* 1 होनहार, उदीयमान [a ~ writer], 2 आशाजनक; **promisor** *n* (*law*) प्रतिज्ञाकर्ता

promissory प्रोँमिसरि *a* प्रतिज्ञात्मक, ~ **note** रुपया अदा करने का हस्ताक्षरित दस्तावेज़, वचनपत्र, तमस्सुक, प्रोनोट

promontory प्रोँमन्टरि *n* 1 चट्टान का समुद्र में गया हुआ सिरा, उच्चांतरीप, 2 *anat* उभार, उठान

promote प्र-मोट *vt* 1 (किसी की) पदोन्नति करना, (किसी को) तरक्की देना, (पहले से) ऊंचा पद देना [to ~ s.o. to an office]; 2 (अगली कक्षा में) चढ़ाना, 3 प्रोत्साहन देना, बढ़ावा देना [to ~ arts, communal harmony], सहायता देना, समर्थन करना, 4 to ~ a company कंपनी खड़ी

करना, कंपनी का प्रवर्तन करना; (माल का) विज्ञापन और विक्रय करना, विक्री बढ़ाना [to ~ a product]; **promoter** प्र-मोटर *n* 1 प्रोत्साहन देने वाला, 2 (कंपनी का) प्रवर्तक, संस्थापक, आयोजक

promotion प्र-मोशन *n* 1 उन्नति, तरक्की, पदोन्नति; अगली कक्षा में जाना या चढ़ाना, कक्षोन्नति, 2 प्रोत्साहन, समर्थन, 3 (कंपनी का) प्रवर्तन, संस्थापन; **~al** *a* 1 अगली कक्षा में जाने से संबंधित, कक्षोन्नति का [~ examination]; 2 प्रोत्साहन-संबंधी, संवर्धनात्मक, 3 (कंपनी का) प्रवर्तन-संबंधी, प्रवर्तनात्मक

prompt^1 प्रॉम्प्ट *a* 1 तुरन्त या शीघ्र काम करने वाला, चुस्त, फुर्तीला, तत्पर, मुस्तैद, 2 शीघ्र या तुरन्त होने वाला, तात्कालिक, अविलंबित, अविलंब, तुरत [~ reply, decision, delivery, payment]

prompt^2 *vt* & *n* 1 प्रेरित या प्रोत्साहित करना [to ~ **s.o. to do** sth], उकसाना, शह देना [to ~ s.o. **to** commit a crime]; 2 (भावना) जागृत करना, (विचार) पैदा करना [to ~ a feeling, thought, etc], 3 (अभिनेता को उसके पार्ट के) अगले शब्द बताना या याद दिलाना, अनुबोधन करना, (वक्ता के अटक जाने पर उसे) बात या शब्द सुझाना; *n* अभिनेता की स्मृति जागृत करने के लिए बोले गये शब्द, संकेत, इशारा, अनुबोध. **~-book** अनुबोधक के प्रयोग के लिए नाटक की प्रति, अनुबोध प्रति

prompter प्रॉम्प्टर *n* 1 प्रेरक, 2 शह देने वाला [~ to a crime], 3 *theatr* अनुबोधक

prompting प्रॉम्प्टिंग *n* प्रेरणा [the ~s of conscience]

promptitude प्रॉम्प्टिट्यूड, **promptness** *nn* चुस्ती, फुर्ती, तत्परता, मुस्तैदी

promulgate प्रॉमलगेट *vt* 1 घोषणा करना, घोषित करना, प्रख्यापित करना; प्रवर्तन करना, जारी करना, लागू करना [to ~ an ordinance, a law, etc], 2 (सिद्धान्त, मत आदि का) प्रचार करना, प्रसार करना, फैलाना; **promulgation** प्रॉमल-गेशन *n* 1 घोषणा, प्रख्यापन, प्रवर्तन, 2 प्रचार, प्रसार

pronate प्रोनेट *vt* (हथेली को) नीचे करना, (हाथ को) उल्टा करना [to ~ the hand]; **pronation** *n* अधोवर्तन, (हथेली की) उल्टी स्थिति

prone प्रोन *a* 1 (of hand) जिसमें हथेली नीचे हो, उल्टा, 2 (of person) पेट के बल लेटा हुआ, पट; अधोमुख, (of ground) ढालू, ढलवां, प्रवण, 3 इच्छा या प्रवृत्ति या झुकाव वाला, प्रवण [~ to a condition or an action; ~ **to do** sth]; **~ness** *n* प्रवृत्ति, झुकाव, रुझान, प्रवणता

prong^1 प्रॉङ्ग *n* 1 टिंगली की तरह का भूमि खोदने का बहुशाखित औज़ार, 2 (टिंगली की कोई एक) शाखा; ~ of tuning fork (स्वरित्र की) भुजा, 3 **~-buck** बहुशाखित सींगों वाला हिरण; **pronged** *a* 1 बहुशाखित, 2 **two-pronged, multi-pronged, attack** दो ओर से, कई ओर से, आक्रमण

prong^2 *vt* टिंगली से (भूमि) खोदना [to ~ the soil]

pronominal प्र-नॉमिनल *a* सर्वनाम का, सार्वनामिक; सर्वनाम-जैसा

pronoun प्रोनाउन *n* (*gram*) सर्वनाम

pronounce प्र-नाउन्स *vt* & *i* 1 (व्यक्तिगत) विचार व्यक्त करना, कहना, बताना [I cannot ~ him (*or* that he is) out of danger], 2 *law* फ़ैसला या दण्ड सुनाना, निर्णय देना [to ~ sentence, judgement, etc], 3 (शब्द) उच्चारित करना, उच्चारण करना, बोलना, 4 *vi* to ~ **on** a subject किसी विषय पर अपना मत व्यक्त करना, to ~ **for, against, in favour of,** s.o. अपने आप को किसी का समर्थक, विरोधी, किसी के पक्ष में, घोषित करना; **~able** *a* उच्चारणीय

pronounced प्रनाउन्स्ट *a* सुस्पष्ट, बिलकुल साफ़, निश्चित, विशेष [a ~ flavour, tendency]

pronouncement *n* मतप्रकाशन, मताभिव्यक्ति, मत; निर्णय, फ़ैसला, व्यवस्था

pronouncing प्र-नाउन्सिङ्ग *a*. a ~ dictionary उच्चारण-कोश

pronunciation प्रनन्सि-एशन *n* उच्चारण

proof^1 प्रूफ़ *n* 1 प्रमाण, सबूत [as (a) ~ of his good will]; ~ **positive** पक्का सबूत; 2 अदालत में दिया गया बयान, साक्ष्य, प्रमाण, 3 *math* उपपत्ति, 4 प्रमाणित करना या होना, प्रमाणन, प्रमाणीकरण, **capable of** ~ जो प्रमाणित किया जा सके, प्रमाण्य, 5 परीक्षा, परीक्षण, परख, जांच, आज़माइश, **to put sth to** ~ आज़माइश करना; **to stand the** ~ आज़माइश में पूरा उतरना, 6 अल्कोहलयुक्त मदिरा के तीखेपन का मानक-विशेष; 100 proof (=proof spirit) अर्थात् ऐसी मदिरा जिस में 50% अल्कोहल हो), 7 *print* शोध्य-पत्र, प्रूफ़, **~-reader** प्रूफ़-शोधक; **~-reading** प्रूफ़ पढ़ना, प्रूफ़-शोधन

proof^2 *a* 1 (of armour) अभेद्य, अच्छेद्य, जिस पर किसी चीज़ का असर न हो; **bullet-~** *a* गोली से अभेद्य, गोली-रोक, **fire-~** *a* अग्निसह, अदाह्य; **sound-~** *a* ध्वनि द्वारा अप्रवेश्य, ध्वनिरोधी; **water-~** *a* & *n* जिसमें पानी न जा सके, पानी-रोक, *n* मोमजामा, 2 जिस पर किसी बात का असर न हो [~ **against** flattery, the pricks of conscience, etc]

proof^3 *vt* 1 वस्तु को अभेद्य बनाना, 2 (कपड़े को) पानी-रोक बनाना, **~ing** *n* 1 पानी-रोक बनाना; 2 पानी-रोक मसाला या लेप

prop प्रॉप *n* & *vt* (-pp-) 1 थूनी, स्तंभ, खंभा, पाया, चाँड़, टेक, 2 *fig* सहारा, आधार, अवलंब,

स्तंभ [He is one of the ~s of the institution]; *vt* 1 टेक देकर खड़ा करना, थामना, संभालना, सहारा देना [to ~ s.o., sth, **up**] थूनी लगाना, आड़ लगाना, 2 *fig* अवलंब देना [to ~ up a theory]

propaganda प्रॉ॑प-गैन्डा *n* 1 प्रचार, प्रापेगंडा, 2 धर्मप्रचार, मतप्रचार; **propagandism** *n* प्रचारवाद, प्रचारबाज़ी, **propagandist** प्रॉ॑प-गैन्डिस्ट *n* प्रचारक, धर्म-प्रचारक

propagate प्रॉ॑प-गेट *vt & i* 1 (पशु आदि की) नसल बढ़ाना, नसल का सिलसिला जारी रखना, (वनस्पति की) उपज या पौध बढ़ाना या बढ़ना [to ~ *or* ~ itself], (रोग) फैलाना, 2 (गुण या विशेषता) अगली पीढ़ी को देना, 3 (विचार, मत आदि) फैलाना, प्रसार करना, प्रचार करना [to ~ an idea, a belief, a practice], 4 आगे बढ़ाना या पहुंचाना, स्थानान्तरित करना, संचारित करना [to ~ light, heat, an earthquake]; **propagator** *n* प्रचारक

propagation प्रॉ॑प-गेशन *n* 1 संतति क्रम का जारी रहना, प्रजनन, संजनन [~ of the species], (रोग का) प्रसार, 2 (गुण आदि का) अगली पीढ़ी में संक्रामण, 3 (विचार आदि का) प्रचार, प्रचारण, प्रसार, प्रसारण, 4 (प्रकाश, ताप आदि का) संचरण, संचारण

propel प्र-पे॑ल *vt* (-ll-) धकेलना, ठेलना, आगे बढ़ाना, चलाना; ~led by steam वाष्पचालित

propellant प्र-पे॑लन्ट *n* 1 धकेलने या ठेलने वाला पदार्थ; *mech* प्रणोदक; 2 गोली या गोले को (बन्दूक, तोप से) बाहर धकेलने वाला विस्फोटक; 3 राकेट के इंजन का ईंधन

propellent प्र-पे॑लन्ट *a* धकेलने वाला, नोदक, प्रणोदक

propeller प्र-पे॑लर *n* (विमान या पोत का) प्रणोदित्र; नोदक (also screw-~)

propensity प्र-पे॑न्सिटि *n* प्रवृत्ति, रुझान, झुकाव, प्रवणता [~ to, towards, sth; ~ to do, for doing, sth]

proper प्रॉ॑पर *a* 1 *arch* अपना, निजी, व्यक्तिगत, 2 (*gram*) ~ **noun** व्यक्तिवाचक संज्ञा, 3 यथार्थ, ठीक, सही [in the ~ sense of the word]; (usu. placed after noun) वास्तविक [within the sphere of criticism ~]; 4 उचित, उपयुक्त, समीचीन, ठीक, मुनासिब, यथायोग्य; 5 (*arith*) ~ **fraction** वास्तविक भिन्न (अर्थात् इकाई से कम *e.g.* $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{4}$, etc), ~**ly** *adv* उचित या ठीक ढंग से, यथारीति, शिष्टतापूर्वक

propertied प्रॉ॑पर्‌टिड *a* (f. foll) (मकान, ज़मीन आदि) जायदाद वाला, संपत्ति वाला, संपत्ति का स्वामी, संपन्न, धनाढ्य

property प्रॉ॑पर्‌टि *n* 1 स्वत्व, स्वामित्व, मिल्कियत, अधिकार, 2 (वि० ज़मीन, मकान आदि) संपत्ति, जायदाद, संपदा, रिक्थ, धन-दौलत, माल-मत्ता; This book is my ~ यह पुस्तक मेरी है; **man of** ~ जायदाद का मालिक, धनी आदमी; 3 *theatr* रंगमंच पर काम आने वाला वस्त्र या अन्य वस्तु, (in *pl*) **properties** रंगमंच पर पहनने के वस्त्र तथा अन्य सामग्री, रंगमंच का साज-सामान, 4 गुण, धर्म, विशेषता [properties of matter]

prophecy प्रॉ॑फ़िसि *n* भविष्यवाणी, भविष्य-कथन

prophesy प्रॉ॑फ़िसाइ *vt* भविष्यवाणी करना

prophet प्रॉ॑फ़िट *n* 1 पैग़म्बर, नबी, रसूल, **the Prophet** मुहम्मद, 2 भविष्यवक्ता; **weather-~** मौसम की भविष्यवाणी करने वाला, मौसम-विज्ञानी; 3 प्रवर्तक, समर्थक [~ of a principle etc]; ~**hood** *n* पैग़म्बरी

prophetic(al) प्रफ़े॑टिक(ल) *a* 1 पैग़म्बर का, 2 भविष्यवाणी करने वाला, जिसकी बात सच निकले, 3 भविष्यसूचक, सच निकलने वाला [~ **of** disaster, a ~ utterance]; prophetical books पैग़म्बरों के ग्रन्थ

prophylactic प्रॉ॑फ़ि-लैक्टिक *a & n* रोग-निरोधक, रोगनिवारक; आपत्तिनिवारक (औषध, उपाय)

prophylaxis प्रॉ॑फ़ि-लैक्सिस *a* बीमारी की रोक-थाम, रोग-निरोध, रोग-निवारण

propinquity प्र-पिङ्क्विटि *n* 1 समीपता, निकटता, पड़ोस, पास-पड़ोस, 2 (संबंध की) निकटता, निकट संबंध, नज़दीकी रिश्ता, सगोत्रता, 3 सादृश्य, समानता

propitiable प्र-पिशिअ-बल *a* जिसे मनाया जा सके, प्रसादनीय, अनुनेय

propitiate प्र-पिशिएट *vt* 1 (रुष्ट व्यक्ति को) मनाना, प्रसन्न करना [to ~ the gods], नाराज़गी दूर करना, अनुनय करना, शान्त करना, 2 अनुकूल बनाना या करना; **propitiation** *n* 1 प्रसादन, आराधन, 2 प्रायश्चित्त

propitiatory प्र-पिश-टरि *a* 1 जो नाराज़गी दूर करने या मनाने या खुश करने के लिए हो, अनुरंजक [a ~ smile], 2 प्रायश्चित्तस्वरूप, प्रायश्चित्तिक [a ~ rite]

propitious प्र-पिशस *a* 1 (*of gods, the fates*) अनुकूल, प्रसन्न, अनुग्रह करने वाला, कृपालु [~ to s.o.], 2 (*of omen*) शुभ, अच्छा, 3 (*of weather, occasion*) अनुकूल, अच्छा; शुभ, मंगल, मांगलिक [~ **for** one's journey, purpose, etc]

propolis प्रॉ॑पलिस *n* मधुमक्खियों द्वारा एकत्रित और प्रयुक्त गोंद-जैसा पदार्थ, छत्ता-गोंद

proponent प्र-पोनन्ट *a & n* प्रस्ताव करने वाला, प्रस्तावक, (सिद्धान्त) प्रतिपादित करने वाला, प्रतिपादक

proportion[1] प्र-पॉ॑र्शन *n* 1 अंश, भाग, हिस्सा

[a large ~ of the profits], **2** अनुपात [The ~ **of** births **to** the population is very high], **in ~ to** के अनुपात से [The price will be raised in ~ to the cost], **3** तुलना, तुलनात्मक संबंध; His success bore no ~ to his abilities उसकी सफलता उसकी योग्यता की तुलना में बहुत अधिक थी; **to be out of (all) ~ to** की तुलना में बहुत अधिक होना; **4** *math* अनुपात, (दो जोड़ों का) समानुपात [3 is to 5 as 9 is to 15, 3/5 and 9/15 are in ~], **5** in *pl* (वस्तु की) लंबाई, चौड़ाई और मोटाई; आकार [a building of magnificent ~s]

proportion^{2} *vt* **1** ठीक अनुपात रखना, के अनुकूल या अनुरूप या अनुसार बनाना [to ~ the punishment to the crime]; ठीक मात्रा में रखना [to ~ the ingredients of a mixture]; **2 well-~ed** जिसकी लंबाई, चौड़ाई आदि ठीक अनुपात में हों, सुडौल

proportional प्रपॉर्‌श्नल *a* जो उचित मात्रा या अनुपात में हो, अनुपाती, आनुपातिक; **~ representation** विभिन्न संप्रदायों या दलों का उनकी जनसंख्या के अनुपात से प्रतिनिधित्व, आनुपातिक प्रतिनिधित्व; **~ist** *n* आनुपातिक प्रतिनिधित्व का समर्थक, **~ly** *adv* अनुपातत:, **~ly to** के अनुपात से

proportionate प्रपॉर्‌श्नट *a* मात्रा या संख्या के अनुसार, अनुपाती, आनुपातिक; **~ly** = proportionally

proposal प्र-पोजल *n* **1** प्रस्ताव, सुझाव, **2** इरादा, विचार; योजना, **3** विवाह-प्रस्ताव

propose प्र-पोज *vt & i* **1** प्रस्ताव करना, निवेदन करना, सुझाव देना, **2** के नाम का सुझाव देना, का नाम पेश करना [to ~ a candidate], **3** इरादा करना या रखना, विचार करना या रखना [**to ~ to do** sth, **doing** sth]; योजना बनाना, **Man proposes, God disposes** मनुष्य योजनाएं बनाता है पर उनका पूरा होना ईश्वर पर निर्भर करता है; मनुष्य कुछ सोचता है और ईश्वर कुछ करता है, **4** *vi* विवाह-प्रस्ताव करना [to ~ to a girl]

proposition प्रॉ॑प-ज़िशन *n* **1** कथन, बयान, सूत्र, **2** प्रस्ताव, सुझाव, **3** *log* तर्कवाक्य, प्रतिज्ञप्ति, **4** *math* प्रमेय, साध्य, **5** *sl* काम, मामला, सौदा [a paying ~]; समस्या; **a tough ~** (i) टेढ़ी खीर; (ii) व्यक्ति जिससे निपटना कठिन हो, टेढ़ा आदमी [He's a tough ~]

propound प्र-पाउन्ड *vt* **1** विचारार्थ प्रस्तुत करना, पेश करना, रखना [to ~ a question, problem, scheme, etc to s.o.], प्रतिपादित करना [to ~ a theory], **2** *law* इच्छापत्र को वैध प्रमाणित करवाने के लिए (अदालत-विशेष में) पेश करना

proprietary प्र-प्राइअ-टरि *a* (f. property) **1** स्वामित्व का, स्वामित्व-संबंधी, मालिकाना [~ rights], **2** जायदाद वाला, संपत्तिधारी [the ~ classes]; **3 ~ medicine** पेटंट दवाई

proprietor प्र-प्राइअटर *n* मालिक, स्वामी, **~. ship** *n* स्वामित्व, स्वाम्य, मिल्कियत, मालिकाना अधिकार, fem. **proprietress** प्र-प्राइअट्रस *n* मालकिन, स्वामिनी

propriety प्र-प्राइअटि *n* **1** ठीक या सही होना, यथार्थता, समीचीनता, उपयुक्तता [the ~ of an expression]; **2** औचित्य [the ~ of doing sth], **3** सदाचार, मर्यादा [a breach of ~]; **4** in *pl* शिष्टाचार (की बारीकियां) [to observe the proprieties]

propulsion प्रं-पल्शन *n* **1** आगे धकेलना, ठेलना, धक्का, ठेल, **2** *fig* प्रेरणा देने वाली शक्ति, प्रेरणा, प्रोत्साहन

pro rata प्रो रेट:, प्रो राट: (Lat) *a & adv* **1** आनुपातिक, **2** *adv* अनुपात के अनुसार, अनुपात से, यथानुपात [~ share]

prorogation प्रोर-गेशन *n* (संसद् आदि का) सत्रावसान

prorogue प्र-रोग *vt & i* (*Parl*) सत्रावसान करना या होना

prosaic प्रो-, प्र-ज़ेइक *a* **1** काव्यरसरहित, नीरस, बेमज़ा, **2** शुष्क, रूखा [a ~ man], **3** सामान्य, साधारण, सदा एक-जैसा चलने वाला [a ~ life]

prosaist प्रो-ज़ेइस्ट *n* **1** गद्य-लेखक, **2** नीरस व्यक्ति

proscenium प्रो-सीनिअम *n* (*pl* ~s, -ia) रंगमंच का वह भाग जो पर्दे के आगे होता है, अग्रमंच, रंगद्वार

proscribe प्रो-स्क्राइब *vt* **1** (व्यक्ति को) नागरिक अधिकारों से वंचित करना; बहिष्कृत करना, निर्वासित करना, **2** *fig* निषिद्ध करना, मना करना [to ~ a practice], **3** गैरकानूनी या अवैध घोषित करना [to ~ a book]

proscription प्रस्-क्रिप्शन *n* **1** नागरिक अधिकारों से वंचन, निर्वासन, **2** मनाही, निषेध, अभिनिषिद्धि

proscriptive प्रस्-क्रिप्टिव *a* **1** नागरिक अधिकारों से वंचित करने का, निर्वासन का [~ law], **2** निषेधात्मक [~ decree]

prose प्रोज़ *n & vi & t* **1** गद्य; **~ poem** काव्यात्मक गद्य, गद्यकाव्य, **2** नीरसता, कोरी व्यावहारिकता [the ~ of existence], **3** शुष्क या नीरस या उबाऊ बातचीत या चर्चा; *vi* उबाने वाली बातचीत करना [to ~ **about** sth]; *vt* (पद्य को) गद्य का रूप देना, अन्वय करना

prosecute प्रॉ॑सिक्यूट *vt* **1** (कोई काम) करना, चलाना, करते रहना, जारी रखना, (काम में) लगा रहना [to ~ a war, an enquiry, a trade, one's studies], **2** चालान करना, मुकदमा चलाना [to be ~d **for** an offence; Trespassers will be ~d]

prosecution प्रॉसिक्यूशन *n* 1 चलाना, जारी रखना [the ~ of a war, one's studies], 2 चालान, अभियोग चलाना, 3 अभियोग चलाने वाले लोग, अभियोग-पक्ष, इस्तग़ासा [The ~ denied this]

prosecutor प्रॉसिक्यूटर *n* 1 अभियोक्ता, वादी, मुद्दई, 2 public ~ सरकारी वकील

proselyte प्रॉस-लाइट *n* जिसने धर्म या दल बदल लिया हो, धर्मपरिवर्ती, नवदीक्षित; **proselytism** प्रॉस्लिटिज़म *n* धर्मपरिवर्तन; **proselytize** प्रॉस्-लिटाइज़ *vi* (दूसरे का) धर्मपरिवर्तन करना, अपने धर्म में दीक्षित करना, शुद्ध करना, धर्म का प्रचार करना

prosify प्रोज़िफ़ाई *vt* & *i* 1 गद्य में परिणत करना, 2 नीरस बनाना, 3 *vi* गद्य लिखना

prosody प्रॉस-डि *n* छन्दशास्त्र

prosopopoeia Gk प्रॉसोप-पीअ *n* (*rhet*) 1 = personification, 1; 2 कल्पित या मृत या अनुपस्थित व्यक्ति को उपस्थित-सा दर्शाना

prospect^1 प्रॉस्पेॅक्ट *n* 1 विशाल प्राकृतिक दृश्य [a fine ~], 2 जिसकी आशा या ख़्याल किया जाए, ख़्याल, ध्यान, दृष्टि, नज़र [to have sth in ~], 3 संभावना, आशा, उम्मीद [no ~ of agreement, success, of his coming], 4 (in *pl*) भावी संभावनाएं, भविष्य [His ~s are brilliant]; 5 (mining) स्थान जहां खनिज प्राप्त होने की आशा हो; खनिज का नमूना; खनिज की उपज; 6 संभावित ग्राहक, उम्मीदवार आदि

prospect^2 प्रस्-पेॅक्ट *vi* & *t* 1 (खनिज की) खोज करना [to ~ for gold etc], 2 *vt* खनिज पाने के लिए (इलाके को) अच्छी तरह देखना, (इलाके का) पूर्वेक्षण करना [to ~ a region], 3 खान खोद कर देखना [to ~ a mine]

prospective प्रस्पेॅक्टिव *n* 1 भविष्य से संबंध रखने वाला, आगे चल कर लागू होने वाला, भविष्य-प्रभावी [The law was held to be exclusively ~] (cf. retrospective); 2 आने वाला, होने वाला, भावी, संभावित [a ~ bridegroom, buyer, heir, visit], 3 प्रत्याशित [~ advantages], **~ly** *adv* आगे चल कर, भविष्य में

prospectus प्रस्-पेॅक्टस *n* 1 (स्कूल, कालिज की) विवरणिका, विवरण-पत्र, 2 (कंपनी की) नियमावली, माहिती-पत्र

prosper प्रॉस्पर *vi* & *t* 1 सफल होना, तरक्की करना फलना-फूलना, समृद्ध होना [Cheats never ~], 2 *vt* सफल करना [May God ~ your attempt]; समृद्ध करना, खुशहाल बनाना, मालामाल करना [May God ~ you]

prosperity प्रॉस्-पेॅरिटि *n* समृद्धि, वैभव, संपन्नता, खुशहाली

prosperous प्रॉस्परस *a* 1 समृद्ध, फलता-फूलता, ख़ुशहाल [a ~ merchant], सफल, जो चल निकला हो [a ~ enterprise], 2 अनुकूल [~ winds], मंगल, शुभ [in a ~ hour], **~ness** *n* = prosperity

prostate प्रॉस्टेट *n* मूत्राशय के निचले सिरे पर पुरुषों के मूत्रमार्ग के इर्द-गिर्द बना गिल्टीदार अवयव, पुरःस्थ ग्रन्थि; प्रोस्टेट [also ~ gland]

prostitute प्रॉस्टिटयूट *n* & *vt* वेश्या, गणिका, रण्डी, छिनाल; *vt* 1 वेश्यावृत्ति करना [to ~ oneself], 2 *fig* (आर्थिक लाभ के लिए) अपनी इज्ज़त बेचना [to ~ one's honour], (अपने गुण, योग्यता आदि को) निन्दित काम में लगाना, दुरुपयोग करना [to ~ one's abilities etc]

prostitution प्रॉस्टि-टयूशन *n* 1 वेश्यावृत्ति, वेश्याकर्म, वेश्यागमन, 2 (पैसा कमाने के लिए गुण आदि का) दुरुपयोग

prostrate^1 प्रॉस्ट्रेट *a* 1 (अधीनता या श्रद्धा व्यक्त करने के लिए) पेट के बल लेटा हुआ, दण्डवत् करता हुआ, 2 धराशायी, शयान, पट, 3 पराजित, चारों खाने चित, 4 *med* जिसका शारीरिक बल क्षीण हो गया हो, शिथिल, श्रान्त-क्लान्त, थका-मांदा, निढाल

prostrate^2 *vt* 1 (व्यक्ति को) धरती पर लिटा देना, 2 to ~ **oneself** (**before** s.o., **at** a temple) दण्डवत् (प्रणाम) करना, साष्टांग प्रणाम करना, 3 हरा देना, पराजित करना, पराभूत करना, मार गिराना, चारों खाने चित कर देना, 4 थका कर चूर कर देना, बल क्षीण कर देना, शिथिल कर देना, निढाल कर देना [~d by the heat of June, ~d with grief]

prostration प्रॉस्ट्रेशन *n* 1 धरती पर लेट जाना, दण्डवत् प्रणाम, 2 पराजय, पराभव, 3 *med* शारीरिक शक्ति का ह्रास, क्षीणता, शिथिलता, अवसन्नता, 4 खिन्नता, विषाद, अवसाद, अवसन्नता

prosy प्रोज़ि *a* जिसमें कोई विशेषता न हो, साधारण, नीरस, उबाऊ [~ talk, talker]

protactinium प्रोटैक्-टिनिअम *n* (*chem*) विकिरणशील धातु (जिससे actinium प्राप्त होता है)

protagonist प्रो-टैगनिस्ट *n* 1 (नाटक का) मुख्य अभिनेता, नायक, (कथा का) चरित्र-नायक [Rama is the ~ of the Ramayana], 2 किसी मामले में मुख्य भाग लेने वाला, नेता, अग्रणी, सरदार, 3 (कार्य, विधि आदि का) मुख्य समर्थक [Raja Ram Mohan Roy became the ~ of the abolition of *sati*]

protean प्रोटिअन *a* 1 बदल जाने वाला, परिवर्तनशील, अस्थिर, रूप बदल लेने वाला, बहुरूपधारी; 2 बहुमुखी प्रतिभाशाली (see Proteus)

protect प्र-टेॅक्ट *vt* 1 बचाना, रक्षा करना, सुरक्षित करना या रखना [to ~ s.o. **from, against**, sth], 2 आश्रय देना, शरण देना, सरपरस्ती करना, 3 *econ* आयात-कर लगा कर देसी माल को विदेशी

माल के मुकाबले से बचाना, (इस प्रकार उद्योग का) संरक्षण करना [to ~ an industry]

protected प्रटें क्टिड *a* रक्षित, सुरक्षित; ~ animal ऐसे पशु जिन के शिकार की मनाही हो, रक्षित पशु, ~ industry संरक्षित उद्योग

protection प्र-टें क्शन *n* 1 रक्षा, सुरक्षा, बचाव, 2 शरण, छत्रछाया, प्रश्रय, सरपरस्ती, 3 *econ* (देशी उद्योग-धंधों का) संरक्षण (see protect, 3), 4 बचाव करने वाला (व्यक्ति, वस्तु), बचाव का साधन, रक्षक [A dog is a great ~ against burglars]; रक्षा स्थान, परदा, ओट, **~ism** *n* देशी उद्योगों के संरक्षण का सिद्धान्त, संरक्षणवाद; **~ist** *n* संरक्षण का समर्थक, संरक्षणवादी, संरक्षणात्मक [~ist measures]

protective प्र-टें क्टिव *a* 1 बचाने वाला, रक्षा करने वाला, रक्षात्मक, सुरक्षात्मक [~ custody], 2 *econ* संरक्षण करने का, संरक्षणात्मक, ~ duty, tariff संरक्षण-कर, संरक्षण-शुल्क; 3 *biol* रक्षी

protector प्र-टें क्टर *n* 1 रक्षक, संरक्षक, अभिभावक, सरपरस्त, *fem* **protectress** *n* (सं)रक्षिका, अभिभाविका; 2 (यन्त्र आदि को) बचाने का आवरण आदि [chest-~]

protectorate प्र-टें क्टरट *n* शक्तिशाली राष्ट्र के संरक्षण में दिया गया देश, संरक्षित देश या प्रदेश

protégé प्रों-टें श्ज़े *n* किसी की अभिभावकता या शरण या आश्रय में रहने वाला व्यक्ति; आश्रित (व्यक्ति)

protein प्रोटीन *n* (*chem*) कार्बन, हाइड्रोजन तथा नाइट्रोजन आदि का यौगिक जो प्राणियों के आहार का आवश्यक तत्त्व है, प्रोटीन

protest¹ प्रोटें स्ट *n* 1 अस्वीकृति, विरोध, आपत्ति, एतराज़, 2 *Parl* etc असम्मति, 3 (banking) अस्वीकृति-पत्र (see foll, 2), 4 (ज़ोरदार) कथन, अभिकथन, बयान

protest² प्र-टें स्ट *vt* & *i* 1 ज़ोर दे कर कहना, जताना [to ~ one's innocence; to ~ that one is innocent], 2 **to ~ a bill** हुंडी के संबंध में अस्वीकृति-पत्र लिखना, 3 *vi* विरोध करना, आपत्ति करना, एतराज़ करना [to ~ **against** sth]; **~er, ~or** *nn* आपत्तिकर्ता, विरोधकर्ता

Protestant प्रों टिस्टन्ट *a* & *n* 1 रोमन कैथलिक से भिन्न ईसाई संप्रदाय का (अनुयायी), प्रोटेस्टेन्ट, 2 विरोध या आपत्ति करने वाला, आपत्तिकर्ता, **~ism** *n* प्रोटेस्टेन्ट धर्म

protestation प्रों टिस्-टेशन *n* 1 (ज़ोरदार) कथन, अभिकथन, दृढ़ोक्ति, घोषणा [~ of one's faith], 2 विरोध, आपत्ति, एतराज़ [~ **against** sth]; प्रतिवाद, खंडन

Proteus प्रोटिअस *n* 1 (*Gk & Rom myth*) समुद्र का देवता जिसमें अपना रूप बदल लेने की शक्ति थी, 2 अस्थिरचित्त व्यक्ति; परिवर्तनशील वस्तु

protocol प्रोटकों ल *n* & *vi* & *t* 1 राजनयिक शिष्टाचार, नयाचार, नयाचार का पालन; 2 संधि का प्रारूप या प्रालेख (जिस पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षर होते हैं), संधि का मसौदा; *vi* & *t* संधि का मसौदा तैयार करना, संधि में (कोई बात) दर्ज करना

proton प्रोटों न *n* (*phys*) परमाणु की नाभि में धनविद्युत् का कण, प्रोटोन (cf. electron)

protoplasm प्रोट-प्लैज़म *n* वर्णहीन गाढ़ा द्रव जो कि वनस्पतियों और प्राणियों का जीवन-रस माना जाता है, जीवद्रव्य, प्रोटोप्लाज़म

prototype प्रोट-टाइप *n* 1 वह पहली वस्तु जिसके नमूने पर और वस्तुएं बनाई जाएं, (नकल या प्रति का) मूल, मूल रूप, आदिरूप, आद्यरूप, 2 तजुर्बे या परीक्षण के लिए बनाया गया माडल (वि० विमान का); परीक्षणार्थ माडल

protract प्र-ट्रैक्ट *vt* 1 समय बढ़ाना, लंबा करना विस्तार करना [They ~ed their discussions, stay, etc], 2 *surv* पैमाने के अनुसार नक्शा बनाना; **~ed** *a* लंबा, दीर्घकालिक, दीर्घकालीन; विस्तृत, विस्तारमय

protractile प्र-ट्रैक्टाइल *a* (of organ etc) जिसे लंबा किया जा सके, जिसे फैलाया जा सके, प्रसारणीय

protraction प्र-ट्रैक्शन *n* 1 लंबा करना या होना, बहुत समय लेना या लगाना, विस्तार [~ of the debate etc], 2 (पैमाने के अनुसार बना) मानचित्र, नक्शा

protractor प्र-ट्रैक्टर *n* 1 *geom* कोण मापने का (प्राय: अर्धवृत्ताकार) उपकरण, कोणमापक, चांदा, 2 अंग को फैलाने एवं सिकोड़ने वाली पेशी, अपाकुंचक

protrude प्र-ट्रूड *vt* & *i* आगे को निकालना या निकलना, बाहर निकला हुआ होना; **~nt** *a* = protruding

protruding प्र-ट्रूडिङ्ग *a* आगे को निकला या बढ़ा हुआ [~ forehead], बाहर निकला हुआ [~ eyes, teeth]

protrusion प्र-ट्रूश्ज़न *n* 1 बाहर निकला हुआ होना, बहि:सरण, 2 बाहर निकला हुआ भाग, उभार, उठान, सूजन

protuberance प्र-ट्यूबरन्स *n* उभार, उठान, प्रवर्ध, गांठ

protuberant प्र-ट्यूबरन्ट *a* 1 बाहर को निकला हुआ, उभरा हुआ, उठा हुआ, ऊंचा, उन्नत, 2 *fig* महत्त्वपूर्ण, प्रमुख

proud प्राउड *a* & *adv* 1 अपने आप को बहुत समझने वाला, अहंमन्य, अभिमानी, अहंकारी, गर्वीला, घमंडी, 2 अकड़बाज़, उद्धत, उद्दण्ड, हेकड़, 3 अपने आपको सम्मानित या धन्य समझने वाला, अति प्रसन्न, उल्लसित [I am ~ of knowing him, to know him], 4 जिस पर गर्व किया जाए, बड़ी खुशी का [It is a ~ day for us], 5 (*med*) ~

flesh भरते घाव पर आने वाला नया मांस, बदगोश्त, *adv* (*colloq*) **to do s.o. ~** बड़ा सम्मान करना; You do me ~ आप मेरा बड़ा सम्मान कर रहे हैं; **~ly** *adv* अभिमान से, गर्व से; शान से, बड़ी खुशी से

provable प्रूव-बल *a* जो प्रमाणित किया जा सके, प्रमाण्य

prove प्रूव *vt & i* (*pp* ~d, or *liter* ~n) 1 प्रमाणित करना, साबित करना, सिद्ध करना, **to ~ oneself** अपनी योग्यता प्रमाणित करना; 2 आज़माना, परखना, **~d remedy** आज़माई हुई दवा; 3 *vi* प्रमाणित होना, सिद्ध होना, साबित होना [to ~ useful, harmful, etc], निकलना [The news ~d false]; (*Sc. law*) **not proven** दोष या निर्दोषता सिद्ध नहीं हुई

provenance प्रॉविनन्स *n* स्थान या प्रदेश जहां कोई चीज बनती हो, जहां से आई हो, वस्तु के बनने या मिलने का स्थान, मूलस्रोत, उद्गमस्थान, उद्गम; उद्भव (स्थान) [This statue is of doubtful ~]

provender प्रॉविन्डर *n* चारा, भूसा

proverb प्रॉवर्ब *n* कहावत, लोकोक्ति, मसल, प्रसिद्ध बात [Their greed is a ~]; **~ial** प्र-वर्बिअल *a* कहावती, लोकप्रसिद्ध [Their greed is ~ial]

provide प्र-वाइड *vi & t* 1 प्रबन्ध करना, इन्तज़ाम करना, व्यवस्था करना, तैयारी करना [to ~ **against** a danger], 2 **to ~ for** s.o. किसी के खाने-पीने तथा अन्य आवश्यकताओं का प्रबन्ध करना, किसी के निर्वाह या भरण-पोषण का प्रबन्ध करना, 3 देना, मुहैया करना, जुटाना [to ~ s.o. **with** sth]; to ~ sth **for, to,** s.o.], 4 **to ~ that** . . . शर्त रखना

provided प्र-वाइडिड *a & conj*; जिसके लिए प्रबन्ध कर दिया गया हो; जिसके भरण-पोषण या सुख-सुविधा का प्रबन्ध किया गया हो [He is well ~]; *conj* बशर्ते कि [He can pass ~ (that) he works hard]

providence प्रॉविडन्स *n* 1 दूरदर्शिता, सावधानी, बुद्धिमत्ता, 2 मितव्ययिता, किफ़ायत, 3 **P~** ईश्वर, विधाता, भगवान्, 4 ईश्वर की कृपा, by a **special ~** ईश्वर की विशेष कृपा से

provident प्रॉविडन्ट *a* 1 आगे की सोचने वाला, दूरदर्शी; **~ fund** भविष्य में उपयोग के लिए रखा धन, भविष्य निधि; ~ schemes भावी निर्वाह की योजनाएं, 2 मितव्ययी

providential प्रॉवि-डेन्शल *a* 1 ईश्वरीय, दैवी, ईश्वर की कृपा से होने वाला [a ~ escape], 2 सौभाग्यवश ठीक होने वाला, ठीक समय पर आने वाला; **~ly** *adv* ईश्वर की कृपा से, दैवयोग से

provider प्र-वाइडर *n* 1 रसद का प्रबन्ध करने वाला, 2 देने वाला, जुटाने वाला, 3 universal ~ लगभग सब तरह का माल बेचने वाला, बिसाती; 4 परिवार का पालन करने वाला, पालनकर्त्ता

province प्रॉविन्स *n* 1 प्रदेश, प्रान्त, **the ~s** राजधानी को छोड़ शेष सारा देश; 2 *fig* क्षेत्र, कार्यक्षेत्र, अधिकारक्षेत्र [That is **not** (within) my ~]

provincial प्र-विन्शल *a & n* 1 प्रांतीय, प्रादेशिक, 2 देहाती, 3 अनुदार, संकीर्ण विचार वाला, *n* प्रान्त या प्रदेश में (न कि राजधानी में) रहने वाला, देहाती; **provincialism** प्र-विन्शलिज़म *n* 1 प्रांतीय भावना, संकीर्णता, 2 प्रांतीय **विचारधारा**, प्रान्तीय ढंग या पद्धति, 3 प्रांतीय या प्रादेशिक मुहावरा या शब्द

provision^1 प्र-विश्ज़न *n* (f. provide) 1 प्रबन्ध, व्यवस्था, तैयारी, प्रावधान [~ **for, against,** sth], 2 भरण-पोषण या निर्वाह की व्यवस्था [to make ~ **for** one's family, **for** one's old age], 3 (कार्यविशेष के लिए रखी गई) रकम, राशि [a ~ of Rs. 3 lakh in the budget], **4** (in *pl*) **provisions** खाने-पीने का सामान, खाद्य-सामग्री, रसद [a ~ merchant], **5** संधि या कानून की (विशेष व्यवस्था करने वाली धारा, व्यवस्था, प्रावधान, 6 (करार की) शर्त, अनुबन्ध; **~less** *a* रसद-रहित

provision^2 *vt* रसद देना या पहुंचाना

provisional प्र-विश्ज़नल *a* थोड़े समय का, सामयिक, अस्थायी, कच्चा, कामचलाऊ; **~ly** *adv* अस्थायी रूप से, फ़िलहाल

proviso प्र-वाइज़ो *n* (*pl* ~s) 1 शर्त, 2 (कानून, करार आदि में) शर्त वाली धारा, शर्त, परन्तुक

provisory प्र-वाइज़रि *a* 1 शर्त के साथ, सप्रतिबन्ध; प्रतिबन्धात्मक [~ clause], 2 अस्थायी, कामचलाऊ [~ government]

provocation प्रॉव-केशन *n* 1 उत्तेजना, उकसावा, भड़कावा, आवेश, तैश, ताव [to act under ~]; 2 खिजाने या चिढ़ाने वाली बात, छेड़-छाड़ [threatens to leave the job **at** *or* **on** the slightest ~]

provocative प्र-वॉकटिव *a & n* 1 उत्तेजित करने वाला [~ of curiosity, lust, etc], उत्तेजक, भड़काने वाला [a ~ speech], 2 चिढ़ाने वाला, गुस्सा दिलाने वाला [~ remarks], 3 ललचाने वाला, मुग्ध करने वाला [a ~ smile]

provoke प्र-वोक *vt* 1 उत्तेजित करना, भड़काना, उकसाना, प्रेरित करना [to ~ s.o. **to do** sth, **into doing** sth]; to ~ s.o. **to** anger गुस्सा दिलाना, 2 छेड़ना, चिढ़ाना [If you ~ the monkey, it may attack you], खिझाना, गुस्सा दिलाना, 3 ललचाना, प्रलोभन देना, 4 पैदा करना, जागृत करना, का कारण बनना [to ~ **curiosity,** laughter, fermentation]; **provoking** *a* गुस्सा दिलाने वाला, खिझाने वाला, चिढ़ाने वाला

provost प्रॉवस्ट *n* 1 (आक्सफ़र्ड, केम्ब्रिज में कालेज

का) प्रिंसिपल, प्रधानाचार्य, 2 ∼ **marshal** (प्र-वो मार्शल) सैनिक-पुलिस का अध्यक्ष

prow प्राउ *n* (नाव या जहाज़ का) नुकीला अग्रभाग, (of boat) गलही, (of ship) पोताग्र

prowess प्राउइस *n* 1 पराक्रम, शौर्य, शूरता, वीरता, शूरवीरता, बहादुरी, 2 कुशलता, प्रवीणता

prowl प्राउल *vi* & *n* 1 (of beast) शिकार की खोज में विचरना, (of person) किसी चीज़ की तलाश में फिरना, ढूंढते फिरना, 2 to ∼ about the streets गली-कूचों में घूमना-फिरना; *n* (of beast) **to go on the ∼** शिकार को निकलना

proximate प्रॉ॑क्सिमट *a* 1 (स्थान, काल, क्रम आदि की दृष्टि से) समीपतम, निकटतम, समीपस्थ, निकटस्थ, समीपवर्ती, निकटवर्ती, 2 (विचार, कारण की दृष्टि से) अनन्तर, ∼ cause अनन्तर कारण, आसन्न कारण, 3 = approximate; ∼**ly** *adv* 1 अनन्तर, तुरन्त पहले या बाद, 2 लगभग

proximity प्रॉक्-सिमिटि *n* 1 (स्थान, काल, संबंध की) निकटता, समीपता, **in ∼ to** के समीप; in the ∼ of the town नगर के समीप, 2 ∼ **of blood** खून का रिश्ता, सगोत्रता

proximo प्रॉ॑क्सिमो *a* (*abbr* prox) अगले महीने का, आगामी मास का [on the 3rd ∼]

proxy प्रॉ॑क्सि *n* 1 प्रतिनिधि द्वारा काम कराना; **to vote by ∼** प्रतिनिधि के माध्यम से मतदान करना, 2 प्रतिनिधि, प्रतिपुरुष, मुख़्तार [made me his ∼], 3 मतदान का मुख़्तारनामा, प्रतिनिधि-पत्र, 4 *attrib* प्रतिनिधि द्वारा कृत

prude प्रूड *n* शिष्टाचार या भाषा की बारीकियों का ध्यान रखने (का दिखावा करने) वाला व्यक्ति; अति शालीन या लज्जाशील नारी

prudence प्रूडन्स *n* समझदारी, बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता; सावधानी

prudent प्रूडन्ट *a* 1 आगा-पीछा सोचने वाला, सोच-समझ कर काम करने वाला, दूरदर्शी, बुद्धिमान्, विवेकशील; व्यवहारकुशल, दुनियादार, 2 समझदारी का, बुद्धिमत्ता का, विवेकपूर्ण, दुनियादारी का; ∼**ly** बुद्धिमत्ता से; सावधानी से

prudential प्रूडॆ॑-न्शल *a* समझदारी का, बुद्धिमत्ता का, विवेकपूर्ण [∼ motives, policy]

prudery प्रूडरि *n* आत्यन्तिक शिष्टाचार का दिखावा, दिखावटी शालीनता

prudish प्रूडिश *a* (f. prude) गति शालीन, लज्जाशील

prune^1 प्रून *n* 1 सूखा हुआ आलूबुखारा या आलूचा, 2 लाली लिए गहरा बैंगनी रंग, *attrib* इस रंग का, 3 **prunes & prism(s)** भाषा और उच्चारण का बनावटीपन, चबा-चबा कर बोलना

prune^2 *vt* 1 (पेड़ की) शाखाएं काटना, बेकार शाखाएं काट कर (पेड़ को) संवारना, छांटना, काट-छांट करना [to ∼ a tree], 2 शाखा काटना [to ∼ **off, away,** a branch], 3 *fig* (लेख, पुस्तक से) अनावश्यक विषय निकाल देना, काट-छांट करना; **pruning** *n* काट-छांट, छँटनी, छँटाई, सँवार

prunella प्रू-नॅ॑ल: *n* 1 एक प्रकार का पौधा, 2 एक प्रकार का रेशमी या ऊनी कपड़ा

prurience, -cy प्रुअ-रिअन्स, -न्सि *nn* विषय-चिन्तन, विषयासक्ति; गन्दे विचार

prurient प्रुअ-रिअन्ट *a* 1 गन्दे विचार रखने वाला, अश्लील बातें सोचने वाला, 2 अश्लील विचार पैदा करने वाला, कामोत्पादक

pry^1 प्राइ *vi* 1 (कुछ पता लगाने के लिए) नजर या निगाह डालना, ताकना, झांकना, ताक-झांक करना [to ∼ about], 2 to ∼ **into** a secret, an affair रहस्य या मामले का पता लगाने की कोशिश करना; ∼**ing** *a* (धृष्टतापूर्वक) ताक-झांक करने वाला, रहस्य का पता लगाने की कोशिश करने वाला

pry^2 *vt* सलाख़ आदि से ज़ोर लगाकर खोलना, दबाव डाल कर तोड़ना [to ∼ a box, door, etc open]

psalm साम *n* ईश्वरस्तुति का गीत, भजन, स्तोत्र; ∼**ist** सामिस्ट *n* भजन लिखने वाला, गीतकार, स्तोत्रकार; ∼**ody** साम-डि *n* 1 (सामूहिक कीर्तन में) भजन-गान, स्तोत्रगान, 2 भजन-संग्रह, स्तोत्र-संग्रह

psalter सॉल्टर *n* भजनग्रन्थ, स्तोत्रग्रन्थ, भजन-संहिता

psaltery सॉल्टरि *n* (प्यानो के आकार की पुराने ज़माने की) सारंगी

psephology सॆ॑-फ़ॉ॑ल-जि *n* चुनाव तथा मतदान के रुख़ का विश्लेषण

pseud(o)- स्यूडो 1 *in comb* झूठा, नकली, जाली, मिथ्या, तथाकथित, कूट-, छद्म-, बनावटी, कृत्रिम, आभासी; 2 *sometimes written separately as adj. e.g.* the pseudo penitent पश्चात्ताप का दिखावा करने वाला; **pseudo-science** नाम का विज्ञान, मिथ्या विज्ञान

pseudo-Christian *n* नाम का ईसाई; **pseudograph** स्यूडग्राफ़ *n* जाली ग्रन्थ; **pseudonym** स्यूडनिम *n* (लेखक का) छद्मनाम; **pseudonymous** स्यू-डॉ॑निमस *a* छद्मनाम से लिखा हुआ (ग्रन्थ आदि)

pshaw शॉ *int, n* & *vi* धिक्, छि:, *n* धिक्कार, *vt* छि:-छि: करना, घृणा व्यक्त करना

psittacine सिट-साइन *a* तोतों का, तोते-जैसा

psittacosis सिट-कोसिस *n* (*med*) तोतों से मनुष्य को लगने वाला (निमोनिया-जैसा) रोग-विशेष

psora सॉर: *n* खाज, खुजली, **psoriasis** सॉ-राइअ-सिस *n* चर्म-रोग

psyche साइकि *n* 1 आत्मा, जीवात्मा, 2 मन [*Gk & Rom myth* साइकि त्रिलोकसुन्दरी राजकुमारी थी जो Eros *i.e.* Cupid की पत्नी बनी]

psychedelic साइकिडें लिक *a* & *n* चेतना का ऐसा प्रसार करने वाला जिसमें कभी परम आह्लाद और कभी घोर विषाद की अनुभूति हो, चेतनाप्रसारी, *n* चेतनाप्रसारी औषध, *e.g.* L.S.D

psychiatric(al) साइकि-ऐट्रिक (ल) *aa* मानस-रोग संबंधी, मनश्चिकित्सा-संबंधी

psychiatrist साइ-काइअ-ट्रिस्ट *n* मानस-रोग का चिकित्सक, मनश्चिकित्सक, मनोरोगविज्ञानी

psychiatry साइ-काइअ-ट्रि *n* मनोरोगविज्ञान

psychic साइकिक *a* & *n* आत्मिक, आध्यात्मिक, मानसिक; ~ **force** आध्यात्मिक शक्ति; *n* सम्मोहन-क्रिया (hypnotism etc) से तुरन्त प्रभावित होने वाला व्यक्ति

psychical *a* =*prec a*

psychics साइकिक्स *n pl* मनोविज्ञान; अशरीरी आत्माओं के जीवित व्यक्तियों से संसर्ग की विद्या

psycho-analysis साइकों-अ-नैलिसिस *n* मनोविश्लेषण [Freud की पद्धति पर मन के चेतन तथा अचेतन तत्त्वों की परस्पर प्रतिक्रियाओं का अध्ययन];

psycho-analyst साइको-ऐनलिस्ट *n* मनोविश्लेषक;

psycho-analytic साइकोऐन-लिटिक *a* मनोविश्लेषणात्मक

psychological साइक-लॉजिकल *a* 1 मानसिक, 2 मनोवैज्ञानिक; ~ **moment** मनोवैज्ञानिक (महत्त्व का) क्षण, ऐसा क्षण जब कि किसी के मन पर विशेष प्रभाव डाला जा सके; बिल्कुल उपयुक्त क्षण, ठीक मौका

psychologist साइ-कॉल-जिस्ट *n* मनोवैज्ञानिक

psychology साइ-कॉल-जि *n* 1 मनोविज्ञान, 2 *colloq* सोचने का ढंग, मनोवृत्ति [I understand my brother's ~]

psychosis साइ-कोसिस *n* (*pl* **-oses**) मानस-रोग, उन्माद, चित्तविक्षेप, मनोविक्षिप्ति; ~ of war युद्ध की मनोवृत्ति, युद्धोन्माद, युद्धज्वर

psychosomatic सोइको-स-मैटिक *a* 1 मन और शरीर का, मानसिक एवं शारीरिक, मन:शारीरिक, मन:कायिक, 2 ~ **disease** चिन्ता से पैदा होने वाला या चिन्ता के कारण और बढ़ जाने वाला शारीरिक रोग; मन:शारीरिक या मन:कायिक रोग, ~ **medicine** मन:कायिक औषध

psychotherapy सोइको-थैर-पि *n* मानसिक रोग का इलाज, मनश्चिकित्सा

psychrometer साइ-क्रॉमिटर *n* आर्द्रतामापी (थर्मामीटर)

ptisan टिज़न, टिज़ैन *n* पौष्टिक शोरबा (वि० जौ का)

ptomaine टोमेन *n* गले-सड़े मांस या वनस्पति में पाया जाने वाला (प्राय: विषैला) क्षार; ~ poisoning (*arch*) इस क्षार से भोजन का विषाक्त हो जाना

pub पब *n* (=public house) मदिरालय, मधुशाला

puberty प्यूबर्टि *n* प्रजननक्षमता; **age of** ~ यौवनारंभ, यौवनागम, वय:संधि

pubes प्यूबीज़ *n* 1 यौवनारंभ के चिन्हभूत बाल; झांट, पशम, 2 पेड़ू का निचला भाग जहां ये बाल उगते हैं, जघन

pubescence प्यू-बेंसन्स *n* 1 यौवनारंभ, यौवनागम, 2 (पत्तों, टहनियों पर का) रोआं, रोम; रोमशता, रोमिलता; **pubescent** प्यू-बेंसन्ट *a* 1 जिसका यौवन आरंभ हो गया हो, वय:प्राप्त, तरुण, 2 *bot* रोएंदार, लोमश, रोमिल

public पब्लिक *a* & *n* 1 जो सब का हो, जनता का, सार्वजनिक, लोक-, जन-, आम, ~ enemy लोकशत्रु, **public holiday** आम छुट्टी, सार्वजनिक छुटी; ~ **library** सार्वजनिक पुस्तकालय, ~ **opinion** लोकमत, जनमत, ~ relations जन-संपर्क; ~ road आम रास्ता, 2 सरकारी, राजकीय, शासकीय, ~ building सरकारी इमारत; ~ debt सरकारी ऋण (वह रुपया जो सरकार ने जनता से उधार लिया हो), **the** ~ **purse** सरकारी ख़ज़ाना, 3 सब के सामने, खुला, खुले आम, खुल्लम-खुल्ला, सर्वविदित, सार्वजनिक; **to make** sth ~ सब को बता देना, घोषित करना, **to make a** ~ **protest** खुले आम विरोध करना, ~ **trial** खुली सुनवाई, 4 जो लोगों (की सेवा, हित) के लिए हो, ~ **man** लोक-सेवक, समाज-सेवक; **P**~ **Works Department** लोकोपयोगी इमारतें, सड़कें, पुल आदि बनाने वाला विभाग, लोकनिर्माण-विभाग; *n* जनता, जन, लोक, लोग, **the general** ~, **the** ~ **at large** जनसाधारण, सर्वसाधारण, **in public** सब के सामने, खुले आम; **publicly** *adv* सब के सामने, खुल्लमखुल्ला; 5 *comb*: ~ **address system** (माईक्रोफ़ोन, लाउड-स्पीकर आदि) जन-संबोधन व्यवस्था, जनसंबोधन उपकरण; ~ **house** सराय (जहां शराब भी मिलती हो), मदिरालय, मधुशाला, ~ **law** व्यक्ति और सरकार के संबंध-विषयक क़ानून, लोक-विधि, ~ **ownership** सरकारी मिल्कियत; ~ **servant** सरकारी अधिकारी; ~ **spirit** लोक सेवा की भावना, ~**-spirited** लोकसेवी; ~ **utility** पानी, बिजली आदि का प्रबन्ध करने वाला संस्थान, लोकोपयोगी संस्थान

publican पब्लिकन *n* सराय या मद्यशाला का मालिक, भठियारा

publication पब्लि-केशन *n* 1 सर्वविदित करना, घोषणा, प्रख्यापन, 2 (पुस्तक आदि का) प्रकाशन, 3 (प्रकाशित) ग्रन्थ, पुस्तक, पत्रिका आदि

publicist पब्लिसिस्ट *n* 1 सामयिक राजनीतिक विषयों पर समाचारपत्रों में लेख लिखने वाला, पत्रकार, संवाददाता, 2 अन्तर्राष्ट्रीय कानून पर लेख लिखने वाला, अन्तर्राष्ट्रीय विधिवेत्ता; 3 (=publicity agent) प्रचारकर्ता, विज्ञापनकर्ता

publicity पब्-लिसिटि *n* 1 सब के सामने आना या

सर्वविदित करना, प्रचार करना, प्रसिद्धि, प्रचार [to give ~ to sth], 2 विज्ञापन (का व्यवसाय); 3 ~ **agent** वस्तु का या अभिनेता का नाम प्रसिद्ध करने के लिए नियुक्त व्यक्ति, विज्ञापनकर्ता, प्रचारकर्ता

publicize पब्लिसाइज़ *vt* (वि० विज्ञापन के द्वारा) सर्वविदित करना, घोषित करना, प्रचार करना, प्रख्यापित करना

publish पब्लिश *vt* 1 सर्वविदित करना, प्रख्यापित करना, घोषित करना, 2 (पुस्तक आदि छाप कर) बिक्री शुरू करना, प्रकाशित करना, 3 (गिरजाघर में) प्रस्तावित विवाह की सूचना पढ़ना [to ~ the banns]

publisher पब्लिशर *n* प्रकाशक

puce प्यूस *a* बैंगनी-भूरा

puck पक *n* 1 तंग करने वाला पिशाच, भूतना, वेताल, 2 *fig* नटखट बच्चा; ~**ish** *a* शरारती, नटखट

pucker पकर *vt* & *i* 1 झुर्रियां डालना, सिकोड़ना, to ~ (**up**) one's brows भौहें सिकोड़ना; 2 (कपड़े पर) सिलवट डालना, चुन्नट डालना, 3 *vi* झुर्री पड़ना, सिकुड़ना [His face ~ed **up**], (कपड़े पर) सिलवट या सिकुड़न या बल पड़ना; *n* झुर्री, सिकुड़न, सिलवट

pudding पुडिंग *n* 1 सब्जी, मांस आदि मैदे में भर कर बनाया गया कई प्रकार का समोसा, milk-~ फ़िरनी, rice-~ खीर, 2 *Prov*: **The proof of the ~ is in the eating** आज़माइश या परीक्षण से वस्तु के गुण-दोष का पता चलता है; 3 *comb*: ~ **face** बहुत बड़ा और मोटा मुंह, गोलगप्पा-सा मुंह; ~-**head** *n* बुद्धू

puddle^1 पडल *n* 1 (वि० बरसाती पानी का) छिछला गड्ढा, डबरा, डबरी, 2 (तटबंध पर बिछाने का) जलरोक मसाला, गारा, लोंदा

puddle^2 *vi* & *t* 1 to ~ **about** (in mud or shallow water) (कीचड़ या छिछले पानी में) लोटना, हाथ-पांव मारना, छपछप करना, 2 *fig* to ~ **about** गड़बड़ करना, काम बिगाड़ना, गंदा काम करना, 3 *vt* (पानी को) गँदला करना, घंघोलना, 4 (मिट्टी, रेत आदि का) गारा बनाना, (तालाब, नहर आदि में) पलस्तर करना, 5 (पिघले हुए लोहे को) चलाना, विलोड़ना, पलटना, **puddling** *n* संलोड़न, **puddling furnace** पलटनी भट्ठी

pudency प्यूडन्सि *n* लज्जा, शरम, हया

pudendum प्यूडेन्डम *n* (usu in *pl* -**da**) उपस्थ, गुह्यांग

pudgy पजि *a* (*colloq*)=podgy

puerile प्युअराइल *a* 1 बचकाना, बच्चों का-सा, बालोचित; 2 तुच्छ, ओछा; **puerility** प्युअ-रिलिटि *n* 1 बचकानापन, 2 बाल्यावस्था, किशोरावस्था

puerperal प्यू-अर्-परल *a* प्रसव का, प्रसव के कारण होने वाला, प्रसवजन्य, प्रासविक [~ fever]

puff^1 पफ़ *n* 1 फूंक, एकबार छोड़ा गया धूंआ या भाप [~s from the steam-engine]; 2 फूंक की आवाज़, फूत्कार, 3 हवा का झोंका, झकोरा, 4 (सिगरेट या हुक्के का) कश, दम [to have, draw, a ~], 5 (पाउडर लगाने की) गदिया (also powder-~); 6 फुलाए हुए बाल, 7 (समाचार-पत्र में पुस्तक की) अतिप्रशंसात्मक आलोचना, (माल का) अत्युक्तिपूर्ण विज्ञापन, 8 (*colloq*) **out of** ~ हांपता हुआ, 9 (*nursery*) **puff-puff** भाप का इंजन, रेलगाड़ी

puff^2 *vi* & *t* 1 फूक मारना, फूंकना, 2 to **puff (and blow)** हांपना, सांस फूलना, 3 (of air, smoke, etc) to ~ **out** भक-भक कर के निकलना; (of engine) **to** ~ **out of the station** भक-भक करते हुए स्टेशन छोड़ना, 4 कश लगाना [to ~ (**away**) **at** one's pipe], 5 to ~ **out** फूलना, 6 *vt* to ~ a cigarette सिगरेट का कश लगाना, 7 to ~ **out** हांपते हुए बोलना, 8 to ~ **out** फुलाना; 9 वेगपूर्वक हटाना या निकालना [to ~ **out** *or* **away**, smoke, dust, etc], 10 to ~ **up** (गर्व से) फुलाना (esp. in *pp*) **puffed up with pride** (see foll, 2), 11 to ~ goods माल का अत्युक्तिपूर्ण विज्ञापन करना, 12 हँपाना, हाँफना [He arrived somewhat ~ed]

puffed पफ़्ट *a* 1 फूला हुआ [~ sleeves]; ~ paddy लाजा, खील; ~ rice मुरमुरा; 2 ~ **up** फूला हुआ [~ up face]; ~ **up** style आडम्बरपूर्ण शैली; (in Skt) गौड़ी रीति; ~ **up with pride** गर्व से फूला हुआ, गर्वित

puffery पफ़रि *n* अत्युक्तिपूर्ण विज्ञापन

puffy पफ़ि *a* 1 (of wind) झोंकेदार, 2 जल्दी हांप जाने वाला, हँफैल, 3 फूला हुआ, 4 मोटा, स्थूलकाय

pug^1 पग *n* 1 छोटे कद और मोटे सिर वाला (जाति-विशेष का) कुत्ता, पग (also ~-**dog**), 2 ~-**nose(d)** चपटी नाक (वाला)

pug^2 *n* & *vt* (ईंट बनाने के लिए) चिकनी मिट्टी और रेत का मिश्रण, गारा, *vt* 1 गारा सानना [to ~ clay], 2 (फ़र्श-के नीचे) गारा भरना, (फ़र्श के तख़्तों के नीचे) बुरादा भरना [to ~ the floor, flooring]

pug^3 *n* & *vt* (Anglo-Ind.) (बाघ आदि पशु के) पांव का निशान, *vt* पदचिन्हों का अनुसरण करते हुए (पशु को) खोजना, खोज पर चलना

pugilism प्यूजिलिज़्म *n* घूंसेबाज़ी, मुक्केबाज़ी, मुष्टियुद्ध; **pugilist** *n* घूंसेबाज़, मुक्केबाज़, **pugilistic** *a* घूंसेबाज़ी का

pugnacious पग्-नेशस *a* 1 झगड़ालू, कलहप्रिय, 2 लड़ने को उद्यत, लड़ाका, युद्धप्रिय; ~**ness**, **pugnacity** पग्नैसिटि *nn* कलहप्रियता, झगड़ालूपन; युद्धप्रियता

Pugwash पग्वॉश *n.* ~ **conferences** अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन (जिनका क्रम पगवाश (कैनेडा) में प्रारंभ हुआ था, पगवाश सम्मेलन

puisne प्यूनि *a & n* छोटा, अवर [~ judge]; *law* बाद में आने वाला, उत्तरवर्त्ती [~ mortgagee]

puissance प्यूइसन्स, प्विसन्स *n* (*arch*) शक्ति, बल, प्रभुता, प्रताप, रोब; **puissant** *a* (*liter*) शक्तिशाली, प्रतापी, रोब-दाब वाला

puke प्यूक *vi & t* उल्टी करना, कै करना, वमन करना

pule प्यूल *vi* चीख़ना, चिल्लाना, पिनपिनाना

Pulitzer prize (U.S.) पत्रकारिता, साहित्य, संगीत आदि के लिये प्रति वर्ष दिया जाने वाला पुरस्कार

pull^{1} पुल *vt & i*, I *vt* 1 खींचना [to ~ s.o.'s ears; to ~ s.o. by the ear], (गाड़ी) खींचना [The horse ~s well]; **to ~ the trigger** (बन्दूक का) घोड़ा दबाना; **to ~ up** (a plant) उखाड़ना; 2 खींच लाना, घसीटना, पास ले आना [Pull your chair near the fire]; 3 ज़ोर लगाना, ज़ोर लगाकर चढ़ना [to ~ up the hill], 4 खेना [to ~ a boat]; **to ~ one's weight** नाव खेने में अपने शरीर के भार के अनुरूप ज़ोर लगाना; अपना पूरा ज़ोर लगाना; *fig* अपने हिस्से का काम करना, काम में अपेक्षित योगदान करना [Our alliance partners are not pulling their weight]; 5 **to ~ out** a proof, copy, etc. प्रूफ़, प्रति आदि निकालना, 6 मुरकना, मोच खाना [to ~ a muscle], 7 घोड़े को रोकना, लगाम खींचना [to ~ **in** a horse], 8 कश या दम लगाना [to ~ **at** one's pipe]; II (with *prepp etc*] **to ~ about** इधर-उधर घसीटना, *fig* दुर्व्यवहार करना, अपमान करना; **to ~ apart** (खींच कर) अलग करना, चीरना, फाड़ना; to ~ **back** पीछे खींचना, आगे बढ़ने या प्रगति करने न देना, to ~ **down** (इमारत) ढहाना, गिराना, ध्वस्त करना, (व्यक्ति को) नीचा दिखाना; (usu in *pass*) (व्यक्ति का) स्वास्थ्य बिगाड़ना [He is very much ~ed down]; to ~ **in** (of train) स्टेशन पर पहुंचना; to ~ in the horse घोड़े को रोकना, लगाम खींचना; (of train) to ~ **out** स्टेशन छोड़ना; to ~ **out of** से निकल आना [America had to ~ out of Vietnam]; to ~ s.o. **out of** से निकालना [to ~ the country out of financial trouble]; to ~ s.o. **through** (a danger, difficulty, etc); ख़तरे से निकालना; (बीमार का) स्वास्थ्य ठीक करना, बचा लेना [The doctor will ~ him **through**]; बीमारी से बच निकलना [The patient will ~ **through**]; **to ~ together** (i) पटना, हेल-मेल होना, सहयोग करना, मिल-जुल कर काम करना [The partners are not ~ing together]; **to ~ oneself together** घबराहट दूर होना, साहस बंधना; to ~ s.o. **up** (i) डांटना, डपटना; (ii) अपने आदमी को आगे बढ़ाना; III (*other idioms*) **to ~ a** (wry) **face** मुंह बनाना; to ~ **one's punches** (*boxing*) पूरा ज़ोर न लगाना; **to ~ no punches** पूरा ज़ोर लगाना, कुछ उठा न रखना, कसर न छोड़ना [He ~ed no punches to describe the condition of the refugees]; **to ~ s.o.'s leg** (see leg); **to ~ the strings, wires** (see string, wire); **to ~ sth apart** *or* **to pieces** टुकड़े-टुकड़े करना; (*fig*) **to ~ s.o., sth, to pieces** तीव्र आलोचना करना, (दलील आदि की) धज्जियां उड़ाना; IV (*comb:*) **~-back** प्रगति रोकने वाली बात, रुकावट, बाधा; **~-out** निकल आना; प्रस्थान; **~-over** स्वेटर, **~-up** (i) (गाड़ी का) रुकना, (ii) (यात्रियों के लिए) सराए

pull^{2} *n* 1 खींचना, खिंचाव, खिंचाई, कर्षण, आकर्षण [~ of a magnet]; 2 (खींचने में लगने वाला) ज़ोर, झटका, 3 (*fig*) प्रभाव, रसूख़, 4 (शराब, बियर का) लंबा घूंट, 5 दम, कश [to take a ~ at one's pipe], 6 to have the **pull of, a pull over,** s.o. किसी की अपेक्षा अच्छी स्थिति में होना; 7 किसी (बड़े आदमी) से काम कराने का सामर्थ्य होना [He has a ~ **with** the Director]; 8 *print* कच्चा प्रूफ़

pullet पुलिट *n* चूज़ा, छोटी मुर्ग़ी, पठोर

pulley पुलि *n & vt* चरख़ी, घिरनी, गरारी, गराड़ी; *vt* 1 चरख़ी से खींचना; 2 चरख़ी लगाना, चरख़ी-युक्त करना

pullulate पल्युलेट *vi* 1 (बीज) जमना, उगना, अंकुरित होना, (अंकुर) फूटना, (कली) आना या निकलना या खिलना, 2 *fig* (of doctrine etc) विकसित होना, फैलना, प्रचारित या प्रसारित होना; 3 **to ~ with** से भरा होना, की बहुतायत होना; **pullulation** *n* 1 अंकुरण, प्रस्फुटन, 2 प्रचार, प्रसार

pulmonary पल्म-नरि *a* 1 फेफड़े का, फुप्फुस का; ~ **artery** दिल से फेफड़ों में रक्त ले जाने वाली बड़ी नाड़ी, फुप्फुस-धमनी, ~ **vein** फेफड़ों से दिल में रक्त वापस ले जाने वाली नाड़ी, फुप्फुस-शिरा; 2 फुप्फुसरोग-ग्रस्त, क्षयरोगग्रस्त, क्षयी; **pulmonate** पल्मनेट *n* फेफड़ेदार

pulp पल्प *n & vt* 1 (फल का) गूदा, 2 (प्राणी-शरीर में) मज्जा, 3 लुगदी, 4 कच्ची धातु का जल-मिश्रित चूर्ण, धातु-पंक, 5 to reduce sth to ~ भुरता बनाना, चटनी बनाना; *vt* 1 भुरता बनाना, 2 गूदा निकालना [to ~ coffee-beans]

pulpit पुल्पिट *n* 1 गिरजे में पादरी के प्रवचन करने का जंगलेदार चबूतरा (जिस पर प्रायः डेस्क और चौकी रखी रहती है), मंच, प्रवचन-मंच, व्याख्यान-मंच [to mount the ~], 2 (i) the

~ प्रवचन-वृत्ति, उपदेश करने का काम; (ii) उपदेशक-गण

pulpiteer पुल्पि-टिअर *n* & *vi* (usu *derog*) प्रवचन-वृत्ति व्यक्ति, उपदेश झाड़ने वाला, *vi* प्रवचन या व्याख्यान करना

pulsate पल्-सेट *vi* 1 (of heart) स्पंदित होना, धड़कना, (अंग) फड़कना, थरथराना, 2 रोमांचित होना, पुलकित होना, सिहरना, उछलना, 3 a town pulsating with life नगर जहां जीवन की चहल-पहल हो; **pulsation** *n* स्पन्दन, धड़कन; **pulsatile** पल्सटाइल *a* स्पन्दन का; स्पन्दनशील

pulsatory पल्स-टरि *a* = prec.

pulse^{1} पल्स *n* & *vi* नाड़ी (का स्पन्दन), नाड़ी की गति, नब्ज, **to feel s.o.'s ~** नब्ज देखना; *fig* किसी की भावना या इरादा जानने की कोशिश करना, *vi* स्पन्दित होना, धड़कना, फड़कना, थर्राना; **~less** *a* जिसकी नब्ज बन्द हो, निःस्पन्द, निष्प्राण

pulse^{2} *n* दाल, दलहन

pulsimeter पल्-सिमिटर *n* नाड़ी की गति मापने का यन्त्र, नाड़ी-मापी

pulverizable पल्वराइज़-बल *a* जिसे चूर-चूर किया जा सके, पेषणीय

pulverization पल्वराइ-ज़ेशन *n* पीसना, संपेषण, चूर्णन

pulverize पल्वराइज़ *vt* & *i* 1 पीसना, चूर्ण करना, चूर-चूर करना, सम्पिष्ट करना; 2 (द्रव की) फुहार बनाना, 3 *fig* खंडन करना, प्रत्याख्यान करना, to ~ an argument दलील की धज्जियां उड़ाना, 4 *vi* चूर-चूर हो जाना, विनष्ट या ध्वस्त हो जाना

pulverulent पल्-वे‍ँरुलन्ट *a* 1 चूर्णवत्, धूल-जैसा, 2 चूर्ण से ढका हुआ, चूर्णविष्टित, 3 (of rock) भुरभुरा

pulvinate पल्विनेट, **~d** -टिड *aa* 1 (*bot*, *entom*) गद्दी-जैसा, गद्दी की तरह फूला हुआ, 2 *archit* उभरा हुआ, उत्तल

pumice पमिस *n* & *vt* झांवां, झांवां-पत्थर (also **~-stone**); *vt* झांवें से रगड़ना या साफ़ करना

pummel पमल *vt* (-ll-) तड़ातड़ घूंसे मारना, खूब मुक्के मारना, मुकियाना

pump^{1} पम्प *n* 1 दमकल, पंप (also **hand-~**); 2 पिचकारी, पंप [bicycle-~ etc], 3 **petrol-~** पैट्रोल लेने का स्थान, पैट्रोल-पंप; 4 **~-priming** (see prime^{3}), *fig* रुपया लगा कर व्यापार आदि में तेज़ी लाना

pump^{2} *vi* & *t* 1 पंप चलाना, 2 (of heart) धक-धक करना, धड़कना, 3 *vt* पानी निकालना [to ~ out water], 4 (टायर आदि में) हवा भरना [to ~ air], 5 to ~ (information out of) s.o. (पूछ-ताछ कर के) किसी से किसी बात या भेद का पता लगा लेना, बात मालूम कर लेना, जानकारी प्राप्त करना, (रहस्य) उगलवा लेना

pump^{3} *n* बिना तस्मे का जूता, गुरगाबी, पम्प-शू

pumpkin पम्प्किन *n* कद्दू, घिया, लौकी

pun^{1} पन *n* & *vi* (-nn-) (विनोद के लिए) द्व्यर्थक शब्द का प्रयोग, श्लेष (का प्रयोग), *vi* द्व्यर्थक शब्द या श्लिष्ट पद का प्रयोग करना [to ~ on a word or a subject]

pun^{2} *vt* (-nn-) (मिट्टी, रोड़ी को) दुरमुस से कूट कर बैठाना, पटतारना

punch^{1} पन्च *n* 1 (चमड़े, धातु, काग़ज़ आदि में) छेद करने का यन्त्र, छेदक, छिद्रक, driving ~ कील ठोंकने का पंच, starting ~ कील उखाड़ने या पेच निकालने का पंच, 2 छापा या ठप्पा लगाने का यन्त्र, 3 ~-mark (छेदक से किया हुआ) छेद; **~ card** छिद्रित कार्ड

punch^{2} *n* 1 घूंसा, मुक्का, (**to pull one's ~es** (see pull^{1}, III), 2 *sl* बल, ज़ोर, ओज [style with ~ in it]

punch^{3} *vt* 1 (धातु, टिकट आदि में) छेद करना, 2 घूंसा या मुक्का मारना, 3 (कील) ठोंकना अथवा उखाड़ना [to ~ **in**, **out**], 4 कोंचना, 5 **~ed card** = ~ card (see punch^{1})

punch^{4} *n* 1 प्रायः मदिरा-मिश्रित पेय, 2 पहाड़ियों के बीच में गोलाकार गहरी घाटी

punch^{5} *n* 1 (गाड़ी में जुतने वाला) नाटा घोड़ा; 2 **P~** कठपुतली-खेल का कुरूप कुबड़ा पात्र; लन्दन की हास्यप्रधान साप्ताहिक पत्रिका; 3 **as pleased** *or* **as proud as P~** अति उल्लसित, अति गर्वित

puncheon^{1} पन्शन *n* थूनी (वि० खान की छत को थामने के लिए)

puncheon^{2} *n* (*hist*) (द्रव के लिए) बड़ा पीपा, ढोल

Punchinello पंचि-ने‍ँलो *n* 1 इटालियन कठपुतली-खेल का मुख्य पात्र; 2 विचित्र आकृति का गोल-मटोल व्यक्ति

punctate पंक्टेट *a* (*biol*) बिन्दीदार, चित्तीदार, बिन्दुकित

punctilio पंक्-टिलिओ *n* 1 शिष्टाचार की बारीकी, शिष्टाचार की मामूली-सी बात, 2 अत्योपचारिकता

punctilious पंक्-टिलिअस *a* शिष्टाचार या कर्त्तव्य की बारीकियों का ध्यान रखने वाला, अत्योपचारिक; **~ness** *n* अत्योपचारिकता

punctual पंक्चुअल *a* 1 नियत समय पर काम करने वाला, देर न करने वाला, ठीक समय पर पहुंचने वाला, समयनिष्ठ, वक्त का पाबंद; 2 *geom* बिन्दु का, बिन्दुकीय; **~ly** *adv* ठीक समय पर, यथासमय

punctuality पंक्चु-ऐलिटि *n* ठीक समय पर

आना या पहुंचना या काम करना, समय की पाबन्दी, समयनिष्ठा

punctuate पंक्चुएट *n* 1 (लेख में) विरामचिन्ह लगाना, 2 *fig* (भाषण के) बीच-बीच में (दूसरी बात) कहना [~d his speech **with** curses, guffaws, etc]

punctuation पंक्चु-एशन *n* 1 विरामचिन्ह लगाना, 2 विरामचिन्ह, 3 विराम(चिन्ह) विधि; ~ **mark** विरामचिन्ह

punctum पंक्टम *n* (*pl.* -ta) (सतह पर रंग, ऊंचाई, निचाई आदि का) निशान

puncture पंक्चर *n* & *vt* & *i* छिद्र (करना), छेदन, वेधन, पंक्चर (हो जाना), *vt* (फोड़े आदि में) छेद करना, (टायर में) छेद या पंक्चर करना, *vi* पंक्चर हो जाना

pundit *n* पंडित, विद्वान्

pungency पन्जन्सि *n* 1 (of taste. smell) तीक्ष्णता, तीखापन, तीतापन, 2 (of remark) तीखापन, कटुता, मर्मवेधिता, 3 (of pain) तीव्रता, प्रचंडता

pungent पन्जन्ट *n* 1 (of satire, remark) तीखा, कटु, चुभने वाला, मर्मवेधी, 2=piquant 2; 3 (of taste, smell) तीखा, तिक्त, तेज़, (taste only) चरपरा [~ sauce], 4 (त्वचा में) जलन पैदा करने वाला, दाहक

Punic प्यूनिक *a* 1 *hist* (अफ़्रीका के उत्तरी तट पर स्थित प्राचीन विलुप्त राज्य कार्थेज (Carthage, near modern Tunis) का; ~ Wars रोम और कार्थेज के (तीन) युद्ध, 2 ~ faith विश्वासघात

punish पनिश *vt* 1 दण्ड देना, सज़ा देना, 2 मारना, पीटना, 3 जुर्माना करना, 4 *colloq* (घूंसेबाज़ी में प्रतिद्वन्द्वी को) ज़ोर-ज़ोर से मुक्के मारना, 5 (प्रतिद्वन्द्वी को) थका देना, 6 (क्रिकिट में लापरवाही से गेंद फेंके जाने पर) खूब रन बनाना; ~**able** *a* 1 दण्डनीय; 2 *law* अपराधी

punishment *n* 1 दण्ड, सज़ा, 2 जुर्माना, 3 **capital** ~ मृत्युदण्ड, प्राणदण्ड

punitive प्यूनिटिव *a* 1 दण्ड देने के लिए; 2 दण्डात्मक, दण्डस्वरूप [~ justice]; ~ **police** दण्ड-रूप में नियुक्त पुलिस, दण्ड-पुलिस; ~ **tax** बहुत अधिक कर, दंडात्मक कर

punitory प्यूनि-टरि *a* दण्डात्मक

punner पनर *n* दुरमुस, दुरमुठ, दुरमट

punster पन्स्टर *n* बात-बात पर श्लेष का प्रयोग करने वाला, श्लेषप्रिय व्यक्ति

punt^1 पन्ट *n* & *vt* चपटे सिरों वाली नाव, डिंगी, डोंगी; *vt* डोंगी खेना या चलाना, डोंगी में (माल) ढोना, डोंगी में (यात्री को) बिठा ले जाना

punt^2 *vt* & *n* हाथ से गिर कर धरती पर पड़ने से पहले (फुटबाल को) किक मारना; *n* ठोकर, किक

punt^3 *vi* (cards etc) 1 दांव लगाना, जूआ खेलना, 2 (घोड़े पर) दांव लगाना; **punter** पन्टर *n* दांव लगाने वाला

puny प्यूनि *a* 1 (साधारण कद से) छोटा, नाटा, लघु, 2 (of person) कमज़ोर, दुर्बल, दुबला-पतला, 3 तुच्छ, मामूली, ज़रा-सा

pup पप *n* & *vt* & *i* 1 पिल्ला; **2 to sell s.o. a pup** (चीज़ महंगी बेचकर) किसी को ठग लेना, मूंड लेना; *vt* & *i* पिल्ले देना या जनना

pupa प्यूप: *n* (*pl.* -ae)=chrysalis; प्यूपा, कोषस्थ, कोष

pupate प्यूपेट *vi* प्यूपा बनना (see prec)

pupil^1 प्यूपिल *n* 1 शिष्य, शागिर्द, चेला, 2 *law* किसी की अभिभावकता में रहने वाला अल्पवयस्क लड़का या लड़की, प्रतिपालित; ~**ship** शिष्यत्व

pupil^2 *n* (आंख की) पुतली, कनीनिका, तारा

pupil(l)age प्यूपिलिज *n* 1 शिष्यत्व, 2 *law* अल्पवयस्कता, नाबालिगी

pupil(l)ar, -ary प्यूपिलर, -रि *aa* 1 शिष्य का, 2 पुतली का

puppet पपिट *n* 1 कठपुतली, 2 गुड़िया, 3 दूसरे के इशारे पर चलने वाला व्यक्ति, किसी के हाथ का खिलौना, कठपुतली [He is a mere ~]; ~ government कठपुतली सरकार, ~ **state** कठपुतली राज्य, 4 ~**-play**, ~**-show** कठपुतली का नाच या तमाशा, ~**eer** *n* पुतली का नाच दिखाने वाला, ~**ry** *n* कठपुतली का तमाशा

puppy *n* 1 पिल्ला, 2 मूर्ख एवं घमंडी युवक, छैला

purblind पर्ब्लाइन्ड *a* & *vt* 1 जिसे कम दिखाई दे, जिसकी दृष्टि धुंधली हो, कुछ-कुछ अंधा; चुंधा, 2 *fig* मन्दबुद्धि, मूढ़; *vt* दृष्टि धुंधली या मन्द करना

purchase^1 *n* 1 ख़रीद [to make some ~s], 2 ख़रीदी हुई चीज़, माल, सौदा, 3 (ज़मीन से होने वाली) वार्षिक आय, वार्षिक किराया [sold at twenty year's ~]; (*fig*) His life is not worth an hour's ~ उसके घंटा भर जीने की भी आशा नहीं है; 4 ~**-money** ख़रीदने के लिए दिया गया धन, क्रय-धन, ख़रीद कीमत, क्रयमूल्य, ~**-tax** ख़रीद-टैक्स, क्रय-कर

purchase^2 *vt* 1 ख़रीदना, क्रय करना, **purchasing power** क्रयशक्ति; 2 प्राप्त करना [to ~ victory, freedom etc with one's blood, toil, etc], 3 *naut* यन्त्रबल या चरख़ी से (लंगर आदि) उठाना; **purchaser** पर्चेसर *n* क्रेता, ख़रीददार, गाहक

pure प्युअर *a* 1 शुद्ध, विशुद्ध, बे-मिलावट [~ gold], 2 शुद्ध, निर्मल, साफ़ [~ air, water], 3 निष्पाप, निर्दोष, शुद्ध [~-hearted], (of woman) सती, 4 केवल, निरा, निपट, सरासर [~ nonsense, prejudice], ~**ly** *adv* केवल, निरा, सरासर, बिलकुल, ~**ness** *n*=purity (*which is more usual*)

purée प्युअ-रे *n* (सब्ज़ियों और मांस को खूब

उबाल कर बनाया हुआ) शोरबा

purfle पर्फ़ल *n* & *vt* 1 (वि० वायोलिन का) सजावटी किनारा या हाशिया; 2 *arch* (of garment) कशीदा की हुई गोट; *vt* 1 (इमारत पर) सजावटी हाशिया लगाना, 2 कपड़े पर गोट लगाना

purgation पर्-गेशन *n* 1 शोधन, शुद्धि, 2 विरेचन, जुलाब

purgative पर्ग-टिव *a* & *n* रेचक या विरेचक (औषध), विरेचन, जुलाब

purgatory पर्ग-टरि *n* & *a* 1 आध्यात्मिक शुद्धि (करने का स्थान), पापमोचन स्थल; पापशुद्धि, (R. C.) ईश्वर की कृपापात्र, प्रेतात्माओं के छोटे-मोटे पापों से मुक्त होने का स्थान, 2 कष्ट सहने और प्रायश्चित्त करने का स्थान या अवस्था; *a* शोधक, पाप से मुक्त करने वाला, पापमोचन

purge पर्ज *vt* & *n* 1 (शारीरिक अथवा आध्यात्मिक) शुद्धि करना, शुद्ध करना, पवित्र करना, पाप धोना [to ~ **away**, **out**, one's sins; to be ~d of *or* **from sin**], निर्मल करना; 2 (इलज़ाम से) बरी करना, निरपराध ठहराना या सिद्ध करना, (सन्देह से) मुक्त करना [to ~ s.o., oneself, of a charge, suspicion], 3 (of medicine) पेट साफ़ करना, जुलाब लाना, 4 (राजनीतिक दल, सेना आदि से अवांछनीय व्यक्तियों को) निकाल देना, हटा देना, 5 *law* अपराध के लिए प्रायश्चित्त करना, अपराध का फल भुगतना [to ~ an offence], *n* 1 निष्कासन, दल-शोधन, 2 जुलाब, विरेचक

purification प्युअरि-फ़ि-केशन *n* शोधन, शुद्धि, सफ़ाई, परिष्कार

purificatory प्युअ-रि-फ़ि-केटरि *a* 1 शुद्ध करने का, परिष्कारात्मक; ~ rite शुद्धि-संस्कार, 2 शुद्धिकर

purifier प्युअ-रि-फ़ाइअर *n* 1 शुद्ध करने वाला, शुद्धि करने वाला, संस्कारकर्त्ता, 2 (of apparatus) शोधक, शोधित्र

purify प्युअ-रि-फ़ाइ *vt* 1 शुद्ध करना, मल या मिलावट दूर करना [to ~ sth of impurities]; 2 *chem* शोधन करना; शोधित करना

purism प्युअ-रिज़म *n* (वि)शुद्धिवाद

purist प्युअ-रिस्ट *n* (वि० भाषा की) शुद्धि पर बल देने वाला, विशुद्धिवादी

puritan प्युअ-रि-टन *n* & *a* 1 P~ प्रोटेस्टेन्ट संप्रदाय (see Protestant) के अन्तर्गत सुधारवादी दल का सदस्य, प्यूरिटन, 2 धर्म एवं आचार के विषय में मर्यादा का पालन करने वाला, अति सदाचारी, *a* 1 प्यूरिटन संप्रदाय का, 2 विशुद्धिवादी. **puritanic(al)** प्युअ-रि-टैनिक(ल) *aa* 1 प्यूरिटन लोगों का, 2 विशुद्धिवादी, अति पवित्र, अति सदाचारी; **puritanism** प्युअ-रि-ट-निज़म *n* 1 प्यूरिटन लोगों का मत, प्यूरिटन संप्रदाय; 2 विशुद्धिवाद

purity प्युअ-रिटि *n* 1 शुद्धि, शुद्धता, निर्मलता, 2 निष्पापता, शुचिता, पवित्रता

purl¹ पर्ल *n* & *vt* 1 (किनारी लगाने के लिए) सोने-चांदी का तार, 2 किनारी, झालर; *vt* किनारी या झालर लगाना

purl² *vi* & *n* (of brook) कल-कल शब्द करते हुए और चक्कर खाते हुए बहना, *n* 1 भँवर, जलावर्त, 2 कल-कल निनाद

purl³ *vt* & *i* (*colloq*) औंधा करना, उलटाना; उलट जाना

purler पर्लर *n* (*colloq*) **to come, take, a purler** सिर के बल गिरना

purlieu पर्ल्यू *n* 1 जंगल का सीमा-प्रदेश, 2 (व्यक्ति की) सीमा, कार्य-क्षेत्र, 3 in *pl* आस-पास का प्रदेश, परिवेश [the ~s of a camp]

purlin पर्‌लिन *n* (छत का) शहतीर, धरणी, कड़ी; ~ roof कड़ी वाली छत

purloin पर्-लॉइन *vt* चुराना, उड़ा लेना, हड़पना

purple पर्पल *n*, *a*, *vt* & *i* 1 विविध अनुपात में लाल और नीला मिलाने से बना रंग, नील-लोहित वर्ण, बैंजनी रंग, 2 जामुनी रंग के वस्त्र (जो सम्राट् आदि पहनते थे), **born in the** ~ राजघराने में जन्मा; *fig* विशेषाधिकारसंपन्न उच्च वर्ग का व्यक्ति, 3 in *pl* एक प्रकार का ज्वर; *a* जामुनी, बैंजनी, ~ **passage** *or* **patch** (साहित्यिक कृति का) अलंकारमय स्थल; *vt* & *i* जामुनी कर देना या हो जाना

purport¹ पर्पर्ट *n* 1 (लेख, भाषण, कार्यवाही का) ज़ाहिरा मतलब, प्रकट अभिप्राय, आशय, तात्पर्य, भाव, मंशा, 2 सार, सारांश

purport² पर्-पर्ट *vt* 1 (of document, speech, etc) ज़ाहिरा मतलब होना, प्रकट अभिप्राय या आशय या अर्थ होना [The letter ~s that . . .]; 2 दिखाना, जताना, दावा करना, लगना [The letter ~ to be written by you]

purpose¹ पर्पस *n* 1 उद्देश्य, प्रयोजन, लक्ष्य, अभिप्राय, मतलब, काम, What is the ~ of this law? इस कानून का क्या उद्देश्य या प्रयोजन है? This pen will answer *or* serve my ~ इस कलम से मेरा काम चल जायेगा; to do sth, **on** ~, **of set** ~ कोई काम जान-बूझ कर करना, novel with a ~, ~-novel कोई सिद्धान्त प्रतिपादित करने के लिए लिखा गया उपन्यास, सोद्देश्य या सप्रयोजन उपन्यास, 2 संकल्प, इरादा, निश्चय; संकल्पशक्ति; **honesty of** ~ ईमानदारी (से काम करने) का इरादा, ईमानदारी की नीयत या भावना, 3 **to the** ~ सार्थक, मतलब का; प्रासंगिक, प्रसंगानुसार [He spoke to the ~]; **to little** *or* **no** ~ व्यर्थ, बेमतलब, बेकार, **to some** ~ जिससे कुछ मतलब हल हो, किञ्चित् सार्थक; **purposely** *adv* 1 जानबूझ कर, 2 सोद्देश्य, प्रयोजन से

purpose² *vi* उद्देश्य रखना या होना, इरादा या विचार रखना [to ~ **doing sth, to do sth**]

purposeful *a* 1 सोद्देश्य [~ activity], 2

सोच-समझ कर किया हुआ [~ act]; 3 (of person) सोच-समझ कर काम करने वाला समझदार, दूरदर्शी; **purposeless** *a* निरुद्देश्य, व्यर्थ, बेकार

purposive पर्पसिव *a* 1 सोद्देश्य, सप्रयोजन [~ activity], 2 (of person) दृढ़ संकल्प वाला

purpura पर्प्युअर: *n* 1 रोग जिसमें त्वचा पर काले-नीले धब्बे पड़ जाते हैं, त्वक्चित्तिता, 2 घोंघा जाति (mollusc) का जीव

purr पर *vt* & *i* & *n* (of cat) (प्रसन्न होकर) घुर-घुर करना, घुरघुराना, (of engine), घर्र-घर्र शब्द करना; *n* घुर-घुर, घुरघुराहट

pur sang F प्युअर् साँ *a*, *adv* (placed after *noun* or *adj*) पूर्णरूपेण, शुद्ध, असली, सच्चा, पक्का [He is a militarist *pur sang*]

purse^{1} पर्स *n* 1 बटुआ, थैली, *fig* धन, वित्त, कोष; a common ~ सामूहिक कोष, मिली-जुली निधि; **light** ~ दरिद्रता, निर्धनता; **heavy** *or* **long** ~ धनाढ्यता, अमीरी, **the public** ~ सरकारी ख़ज़ाना, 2 पुरस्कार या उपहार (देने के लिए धन); to give, put up, a ~ थैली भेंट करना, 3 (प्राणियों, पौधों में पाई जाने वाली) थैली, कोष; 4 ~**-proud** धनगर्वित; 5 ~**-strings** बटुआ बंद करने की डोरी; **to hold the** ~**-strings** खर्च करने या न करने का अधिकार होना; **to tighten, loosen, the** ~**-strings** कम, अधिक, ख़र्च करना

purse^{2} *vt* & *i* (होंट, भौंहें) सिकोड़ना या सिकुड़ना, (माथे पर) शिकन डालना या पड़ना

purser पर्सर *n* जहाज़ का लेखापाल एवं रसद-अधिकारी, पोतनीस

purslane पर्स्लिन *n* कुलफ़ा (नाम का साग), अमलोनी, अमलोनिया, लोनिया

pursuance पर्-स्यूअन्स *n* पालन, अनुसरण, निष्पादन, क्रियान्वित करना, **in** ~ **of** your instructions आपके आदेशानुसार

pursuant पर्-स्यूअन्ट *adv*. ~ **to** your instructions आपके आदेशानुसार

pursue पर्-स्यू *vt* & *i* 1 (शिकार, चोर आदि का) पीछा करना; 2 पाने की कोशिश करना, खोज में फिरना, के पीछे दौड़ना [to ~ pleasure], 3 लगे रहना, करते जाना, जारी रखना [to ~ an enquiry, one's studies], 4 to ~ a road· मार्ग पर चलते जाना, 5 to ~ a profession कोई व्यवसाय या धंधा करना: ~**r** *n* 1 पीछा करने वाला

pursuit पर्स्यूट *n* 1 पीछा, अनुसरण [**in** ~ **of** an animal etc], 2 खोज, तलाश, पाने की कोशिश, प्राप्ति का प्रयत्न [**in** ~ **of** happiness, riches, knowledge], 3 व्यवसाय, पेशा, धंधा, काम [to engage in literary, scientific, ~s]

pursuivant पर्स्विवन्ट *n* वंशावली विभाग का अधिकारी; *arch* अनुचर, परिचारक

pursy^{1} पर्सि *a* 1 जल्दी हांफ जाने वाला, हंफैल, 2 मोटा, स्थूलकाय

pursy^{2} *a* जिस पर झुरियां पड़ गई हों, झुर्रीदार, सिकुड़ा हुआ

purulence प्युअ-रुलंस *n* 1 पीप, पूय, 2 पीप-भरा होना, पूयमय होना, सपूयता; **purulent** प्युअरुलन्ट *a* पीपदार, पूयमय, जिससे पीप निकल रही हो

purvey पर्-वे *vt* (रसद) देना या पहुंचाना, (रसद का) प्रबंध करना, रसद देने का व्यवसाय करना; ~**ance** पर्-वेअन्स *n* 1 रसद का प्रबन्ध; 2 रसद, खाद्यसामग्री

purveyor पर्-वेअर *n* 1 रसद का प्रबन्ध करने वाला, रसद जुटाने वाला, 2 *fig*. ~ of news समाचार देने वाला, संवाददाता

purview पर्व्यू *n* 1 कानून की वे धाराएं जिनमें कोई व्यवस्था (न कि व्याख्या) की गई हो, 2 (कानून, अभिलेख, योजना आदि का) क्षेत्र, सीमा, दायरा, परिधि, प्रयोजन, मंशा [to lie, come, **within the** ~ **of** the Act, enquiry, etc], 3 जहां तक दृष्टि या विचार जा सके, दृष्टिसीमा, विचारक्षेत्र, कार्यक्षेत्र, अधिकारक्षेत्र

pus पस *n* पीप, पूय, मवाद

push^{1} पुश *vt* & *i* 1 धक्का देना, धकेलना, ढकेलना, ठेलना, रेलना, 2 दबाव डालना, दबाना [Push the button], 3 किसी पर दबाव डालना, आग्रह करना [to ~ s.o. for payment], 4 ज़ोर लगाकर या प्रयत्नपूर्वक आगे बढ़ना [**to** ~ **oneself (forward)**], 5 (व्यापार आदि में) औरों से आगे बढ़ना; to ~ the goods (विज्ञापन आदि से) माल की बिक्री बढ़ाना, 6 (with *prepp* etc) to ~ **along** (*colloq*) चल पड़ना; to ~ s.o. **around** (*colloq*) पर धौंस जमाना, पर हुक्म चलाना [We are not going to be ~ed around by anybody]; to ~ **aside** एक तरफ़ हटाना, खिसकाना, to ~ **in** ज़ोर लगा कर घुसना या घुसेड़ना, (of person in a boat) **to** ~ **off** नाव को ठेलना; *sl* चल पड़ना; (It's) time to ~ off चलने का समय हो गया है; to ~ **on** आगे बढ़ना, (काम को) आगे बढ़ाना [to ~ on the work]; to ~ **out** (i) धक्का दे कर बाहर निकालना, (ii) (of plant) फूटना, अंकुरित होना; to ~ **through** ज़ोर लगाकर (काम) पूरा करना; विधेयक आदि पास करा लेना

push^{2} *n* 1 धक्का, ठेल, ठेला, दबाव, दाब, 2 (of weapon) प्रहार, वार, (of beast's horns) टक्कर, 3 भारी कोशिश, प्रयत्न, प्रयास, 4 उद्यम, उत्साह, कार्यकुशलता [He has plenty of ~], 5 *mil* धावा, हमला, 6 संकट, बेबसी, लाचारी; **at a push** ज़रूरत पड़ने पर, अगर कोई और चारा न हो, 7 *comb*: ~**-bicycle**, ~**-bike** (साधारण) साइकिल (opp. motor-bike); ~**-button** दाब-

बटन; **~-cart** ठेला, ठेलागाड़ी; **~-pin** बच्चों का एक खेल; **~-start** *vt & n* (कुछ दूर तक) धकेल कर मोटर-गाड़ी चालू करना

pushing पुशिङ्ग *a* परिश्रमी, मेहनती, उद्यमी, उत्साही, कुशल, होशियार

pusillanimity प्यूसिल-निमिटि *n* (f. foll) कायरता, भीरुता, बुज़दिली

pusillanimous प्यूसि-लैनिमस *a* डरपोक, कायर, भीरु, बुज़दिल, साहसहीन, बेहिम्मत

puss पुस *n* **1** बिल्ली (को बुलाने का नाम), **2** *colloq* विनोदशील या नख़रेबाज़ लड़की, छोकरी

pussy पुसि *n* **1** ~(-cat) बिल्ली, **2** (U.S.) **~foot** मद्यनिषेध (का समर्थक)

pustulate पस्ट्युलेट *vt & i & a* फुंसी बनाना; फुंसी बनना या निकलना; *a* जिस पर फुंसियां निकल आई हों, फुंसीदार

pustule पस्ट्यूल *a* **1** फुंसी, पीपफुंसी, **2** *bot, zool* उभार, उठान

put^{1} पुट *vt & i* **I 1** रखना, रख देना, धरना [Put it on the table], डालना [Put milk in your tea], लगाना [Put your lips to the cup]; **to ~ s.o. to bed** बिस्तर पर लिटा देना; **to ~ s.o. to sleep** सुला देना; to ~ a child to school स्कूल में भरती कराना; **not to know where to put oneself** यह न सूझना कि कहां बैठें या खड़े हों, बहुत परेशान होना; (*sport*) to ~ the shot गोला फेंकना, **2** लिखना, to ~ one's signature to a document etc. अभिलेख पर हस्ताक्षर करना, **3** अनुवाद करना [to ~ a passage into Hindi], **4** कहना, As the Gita ~s it जैसा कि गीता में कहा गया है; व्यक्त करना, [He has ~ it very nicely, bluntly, etc]; पूछना. [**I ~ it to you** whether . . .], **5** to ~ a field under wheat खेत में गेहूं बोना; **6** अनुमान करना [He ~s the population at 70 crore], **7 to ~ an end, a stop, to sth** समाप्त करना, अन्त करना, बन्द करना, **8 to ~ s.o. in the wrong** किसी को ग़लती पर प्रमाणित करना; **9** to ~ life into s.o. जान डालना, प्राण फूंकना, *vi* (*of ship*) to ~ (out) to sea रवाना होना; to ~ into a port बन्दरगाह पर रुक जाना. **II** (with *prepp & advv*) **1** to ~ **about** परेशान करना, घबरा देना; Don't ~ yourself about घबराओ नहीं; to ~ (a ship) about जहाज़ को मोड़ना; **2 to put sth across to s.o.** बताना, बता पाना, अवगत कराना, समझाना [Can't you ~ it across to him?]; नाव आदि में ले जाना, पहुंचाना [Put him across the river]; पूरा करना, संपन्न करना, to ~ a deal across (*colloq*) सौदा तय करना; **3** to ~ **back** पीछे हटाना; लौटाना; पुरानी हालत में कर देना, **4** to ~ **by** (रुपया आदि) बचा रखना, **5** to ~ **down** (बलपूर्वक) दबा देना [to ~ down a revolt]; समाप्त करना, उन्मूलन करना [to ~ down an evil custom]; लिख लेना, नोट कर लेना, समझना [I ~ him down as, for, a fool]; का कारण समझना या मानना [I ~ down his failure to his nervousness], **6** to ~ **forth** (i) काम में लाना; He ~ forth a great effort उसने बहुत प्रयत्न किया; (ii) निकलना, फूटना, The tree put forth blossoms पेड़ पर फूल आ गये; **7** to ~ **forward** पेश करना, प्रस्तुत करना [to ~ forward a proposal]; प्रतिपादित करना [to ~ forward a theory]; **to ~ one's best foot forward** पूरा ज़ोर लगाना, पूरी कोशिश करना (also see best^{1}); **8** to ~ **in**: to put in a word for s.o. किसी की सिफ़ारिश में एक-दो शब्द कहना; to ~ in an hour's work घंटा भर काम करना; to ~ in a claim, an application, etc दावा, अर्ज़ी आदि, पेश करना, **to put in an appearance** थोड़ी देर के लिए आना, शक्ल दिखाना; to ~ in at a port बन्दरगाह पर रुकना, **9** to ~ **off** (वस्त्र आदि) उतारना, (काम) स्थगित करना; व्यक्ति को (वि० बहाना करके) टाल देना, to ~ s.o. off (with an excuse), **10** to ~ **on** (वस्त्र आदि) पहनना; बन बैठना, to put on an innocent air भोली-भाली सूरत बना लेना; **to ~ on weight** मोटा या मांसल हो जाना; to ~ s.o. on to a job किसी को किसी काम पर लगाना; (*telephone*) Put me on to 100 नम्बर 100 मिला दो, **11** to ~ **out** निकालना [Don't ~ out your head]; (आग, मोमबत्ती) बुझाना; (क्रिकेट में) खिलाड़ी को आउट करना; परेशान करना; घबरा देना, भौचक्का कर देना [He never gets ~ out]; (बांह आदि का) जोड़ उखाड़ देना; to ~ out money सूद पर रुपया देना या लगाना; (पुस्तक आदि) प्रकाशित करना, **12** to ~ **through** (काम) पूरा या संपन्न करना, (*telephone*) to ~ s.o. through to s.o. किसी का नम्बर किसी से मिलाना, **13** to ~ s.o. **to it** परेशान करना, मुश्किल या उलझन में डालना [**He was hard put to it** to find a substitute], **14** to ~ **up** (उम्मीदवार) खड़ा करना; (नाटक) रंगमंच पर प्रस्तुत करना; (अर्ज़ी, याचिका) पेश करना; to ~ up a stout resistance ख़ूब मुकाबला करना; कड़ा विरोध करना; **to ~ up at a hotel, with s.o.** होटल में, किसी के यहां, ठहरना; **to put up with sth** कोई बात (असुविधा, अपमान, दुर्व्यवहार) चुपचाप सहन करना, **15** to put **upon** (s.o.) से अनुचित लाभ उठाना, को उल्लू या बेवक़ूफ़ बनाना, **16 to stay put** उसी स्थान पर या पद पर या स्थिति में रहना, जहां का तहां रहना; **III** *comb*: **put-off** *n* टाल-मटोल, बहाना; स्थगन; **put-up** *a* कपट-रचित, आंखों में धूल

झोंकने के लिए [a put-up job]

put^2 पुट *n* **1** (पत्थर, गोले आदि की) फेंक, फेंकाई [**shot ~**], **2** (*St. Exch*) नियत तिथि को नियत मूल्य पर माल बेच देने की स्वतन्त्रता

putamen प्यूटेमिन *n* (*bot*) गुठली

putative प्यूट-टिव *a* जिसे ख़्याल किया जाता हो, माना हुआ, मानित [his ~ brother, father, etc]

put-put पट्पट *n* & *vi* छोटे पेट्रोल इंजन की आवाज़, फट-फट, *vi* फट-फट करना

putrefaction प्यूट्रि-फ़ैक्शन *n* **1** सड़ांध, बदबू, दुर्गन्ध, **2** पूयन, पीप पड़ना

putrefactive प्यूट्रि-फ़ैक्टिव *a* **1** पूयकारी, पूतिजनक, **2** पूययुक्त

putrefy प्यूट्रिफ़ाइ *vi* **1** गलना, सड़ना, गल-सड़ जाना, ख़राब होना, **2** दुर्गन्धयुक्त होना, **3** पीप या मवाद पड़ जाना, पीपयुक्त होना, पूयित होना, **4** *fig* भ्रष्ट होना, पतित होना, **5** *vt* पूयित करना

putrescence प्यू-ट्रेॅसन्स *n* **1** गलना, सड़ना, सड़न, पूयन, **2** गली-सड़ी चीज़; **putrescent** प्यू-ट्रेॅसन्ट *a* सड़ता हुआ, पूयित होता हुआ, पूतिमान

putrid प्यूट्रिड *a* **1** गला-सड़ा, ख़राब, **2** बदबूदार, दुर्गन्धयुक्त, **3** *fig* दुराचारी, भ्रष्ट, पतित

putsch Swiss G पुच *n* क्रान्ति का प्रयत्न

putty पटि *n* **1** खिड़की में शीशा जड़ने या लकड़ी के छेद भरने का मसाला, पुटीन, पोटीन [also Glaziers' ~], **2** *fig* आज्ञाकारी व्यक्ति

puzzle^1 पज़ल *n* **1** परेशानी, हैरानी, उलझन, असमंजस, दुविधा [I am in a ~], **2** चकरा देने वाला सवाल, समस्या, पहेली [crossword ~], व्यक्ति जिसे समझना कठिन हो, पहेली [He is a ~ to me], **3** *camb*: **~-head(ed)** उलझे हुए दिमाग़ वाला

puzzle^2 *vt* & *i* **1** चकरा देना, किंकर्तव्यविमूढ़ करना, उलझन में डालना, परेशान करना, घबरा देना, **2** *vi* to ~ **about**, **over**, sth कोई बात समझने के लिए सिर खपाना, चकरा जाना, **3** *vt* to ~ **out** (पहेली आदि) सुलझा लेना, हल कर लेना, समझ जाना; **~ment** *n* परेशानी, हैरानी, उलझन, किंकर्तव्यविमूढ़ता; **~r** *n* चकरा देने वाला सवाल, पहेली [to ask s.o. a ~r]

pygm(a)ean पिग्मीअन *a* (*see foll*) बौने का, बौने-जैसा

pygmy, pig- पिग्मि *n* & *a* बौना, वामन, *a* **1** नाटा, ठिगना, **2** *fig* जिसकी बुद्धि निम्न कोटि की हो, अल्पमति

pylon पाइलॉन *n* **1** मन्दिर का मुख्य द्वार या फाटक, गोपुर, **2** बिजली के तारों को सहारा देने के लिए मीनार-जैसा ऊंचा इस्पाती ढांचा, इस्पाती मीनार

pylorus पाइ-लॉरस *n* (*anat*) आमाशय को छोटी आंत से मिलाने वाला छिद्र, जठरनिर्गम, पाइरोलस

pyorrhoea पाइअ-रिअ *n* दांतों से पीप निकलना, पायरिया

pyramid पिर-मिड *n* **1** (वि० मिस्रदेशीय प्राचीन) स्तूप जो नीचे से प्राय: चौकोर होता है और जिसकी क्रमश: तंग होती हुई दीवारें शिखरबिन्दु पर मिल जाती हैं, सूचीस्तम्भ, पिरामिड, **2** इस आकार का वस्तुओं का ढेर, छोटी-सी (कृत्रिम) पहाड़ी; **~al** पि-रैमिडल *a* सूचीस्तम्भ के आकार का, सूचीस्तम्भीय, पिरामिडी

pyre पाइअर *n* लकड़ी आदि ज्वलनशील पदार्थों का ढेर, चिता

pyrethrum पाइअ-रीथ्रम *n* **1** गुलदाऊदी-जैसा पौधा तथा फूल, **2** (इसके सुखाये हुए फूलों से बना) कीटनाशी पदार्थ

pyretic पिरेॅटिक, पाइअ-रेॅटिक *a* **1** ज्वर का, ज्वर-संबंधी, **2** ज्वरोत्पादक

pyrexia पि-रेॅक्सिअ, पाइअ-रेॅक्सिअ *n* ज्वर, ताप, बुख़ार

pyrites पाइअ-राइटीज़ *n* लोहे का सल्फ़ाइड (sulphide), पाइराइट, माक्षिक (also iron ~); copper ~ तांबे और लोहे का सल्फ़ाइड

pyro पाइअरो in *comb*: अग्नि, ताप, ऊष्मा

pyrogenic पाइअरो-जेॅनिक *a* **1** गरमी पैदा करने वाला, ऊष्माजनक, **2** ज्वरोत्पादक; **pyrolatry** पाइअ-रॉलट्रि *n* अग्निपूजा; **pyromania** पाइअरोमेनिअ *n* आग लगाने का उन्माद

pyrometer पाइअ-रॉमिटर *n* ऊंचा तापमान मापने का यन्त्र, उत्तापमापी

pyrosis पाइअ-रोसिस *n* आमाशय की जलन (जिस में तेज़ाब-सा द्रव बाहर निकलता है), अम्लशूल, हृद्दाह (also called heartburn)

pyrotechnic पाइअरो-टेॅक्निक *a* आतिशबाज़ी का; **~s** पाइअरो-टेॅक्निक्स *n* आतिशबाज़ी बनाने की विद्या; **pyrotechnist** पाइअरो-टेॅक्निस्ट *n* आतिशबाज़; **pyrotechny** पाइअरो-टेॅक्नि = pyrotechnics

pyrrhic^1 पिरिक *n* & *a*. ~ (**dance**) प्राचीन यूनानियों का युद्ध-नृत्य

Pyrrhic^2 *a* (*Rom hist*) ~ **victory** भारी हानि उठाकर मिलने वाली विजय, अनर्थकारी विजय, बहुत महंगी विजय

Pyrrhonism पिर-निज़म *n* यह सिद्धान्त कि सन्देहरहित ज्ञान प्राप्त करना असंभव है, सन्देहवाद; **Pyrrhonist** पिर-निस्ट *n* सन्देहवादी

python^1 पाइथन *n* अजगर

python^2 **1** *n* भूत, प्रेत, **2** भूतग्रस्त व्यक्ति

pyuria पाइ-युअरिअ *n* पेशाब में पीप आना

pyx *n* & *vt* (*eccl*) पवित्र रोटी रखने की पेटिका, प्रसाद-पेटिका

pyxis पिक्सिस *n* पेटिका, संदूकची, डब्बा, डिब्बा

Qq

Q, q क्यू, अंग्रेज़ी वर्णमाला का सत्रहवां वर्ण; **to mind one's P's & Q's** (see P), *abbrs:* **Q.M.** = Quartermaster (*q.v.*) **Q.M.G.** = Quartermaster General (*q.v.*) **Q.E.D; Q.E.F.** (see quod); **q.t.** क्यू टि *sl* (=quiet); **on the q.t.** (i) चुपके-चुपके, गुप्त रूप से, चोरी-छिपे [to meet s.o. on the q.t.]; **q.v.** (=quod vide) जिसे देख लीजिए, देखिए

qua क्वे, क्वा *Lat. adv* के रूप में, की हैसियत से; men ~ men मनुष्यों को मनुष्य समझते हुए

quack^1 क्वैक *n* & *vi* **1** बत्तख़ की आवाज़, कां-कां; **2 quack-quack** (*nursery*) बत्तख़; *vi* **1** बत्तख़ की-सी आवाज़ निकालना, **2** टर-टर करना या लगाना, बक-बक करना

quack^2 *n* & *vi* **1** विद्या (वि० डाक्टरी) का ढोंग करने वाला, कठवैद्य, नीमहकीम; अनाड़ी, अताई, **2** (*attrib*) ~ doctor कठवैद्य; ~ remedy कठवैद्य की दवा; *vi* कठवैद्यक करना; ~**ery** *n* कठवैद्यक; नीमहकीमी

quadragenarian क्वॉड्र-जिनेॅअ-रिअन *a* & *n* 40 से 49 वर्ष तक का (आदमी)

Quadragesima क्वॉड्र-जेॅसिम: *n* (also ~ Sunday) (ईसाइयों के) चालीसे (Lent) का पहला रविवार

quadrangle क्वॉ-ड्रैङ्गल *n* **1** चतुष्कोण (वि० वर्ग और आयत); **2** बड़ी-बड़ी इमारतों से (अंशत:) घिरा हुआ चौकोर आंगन, प्रांगण, चौक, चत्वर, **3** चौक-सहित ऐसी इमारतें, चतुश्शाल

quadrant क्वॉड्रन्ट *n* **1** दायरे या वृत्त का चतुर्थांश, वृत्तपाद, पाद, **2** गोले का चतुर्थांश, पाद, **3** कोण मापने का उपकरणविशेष, क्वाड्रैंट

quadrat क्वॉड्रट *n* छपाई में शब्दों के बीच अन्तर देने के लिए धातु का छोटा टुकड़ा, क्वाड; **em** ~ बड़ा क्वाड, **en** ~ छोटा क्वाड

quadrate^1 क्वॉड्रट *a* (esp *anat*, *zool*) चतुष्कोण, चौकोना, वर्गाकार अथवा आयताकार

quadrate^2 क्वॉड्रेट *vt* & *i* **1** वर्गाकार बनाना, **2** सदृश या अनुरूप बनाना या बनना [to ~ with, to, sth]

quadratic क्वॉ-, क्व-ड्रैटिक *a* **1** *math* द्विघात, ~ equation द्विघात समीकरण, **2** (of crystal) चतुष्कोण, वर्गाकार

quadrature क्वॉड्रचर *n* **1** *math* ऐसा वर्ग बनाना जिसका क्षेत्रफल वृत्त के बराबर हो; ~ of the circle वृत्त का वर्गकरण, **2** *astron* वह स्थल जहां चन्द्रमा सूर्य से 90° की दूरी पर होता है, चन्द्रसमकोण स्थिति

quadrennial क्वॉ-ड्रेॅनिअल *a* **1** हर चार वर्ष बाद आने वाला, चतुर्वार्षिक, **2** चार वर्ष तक रहने वाला

quadrilateral क्वॉड्रि-लैट्रल *a* & *n* चतुर्भुज, चतुष्कोण

quadrille क्वड्रिल *n* चार जोड़ों का नृत्य

quadroon क्वड्रून *n* **1** अर्ध-यूरोपियन हब्शी और यूरोपियन की सन्तान, व्यक्ति जिसमें हब्शी खून का चतुर्थांश हो, वर्णसंकर, **2** (मनुष्यों या पशुओं या वनस्पतियों का) चतुर्थांशी संकर

quadruped क्वॉ-ड्रुपेॅड *n* & *a* (वि० स्तनपायी) चतुष्पाद, चौपाया

quadruple क्वॉड्रुपल *a* & *n* & *vt* & *i* **1** चौगुना, चतुष्क, **2** चार भागों या अवयवों वाला, चार दलों का [~ alliance, pact, etc], *n* चौगुनी संख्या, चौगुनी मात्रा [the ~ of]; *vt* & *i* चौगुना करना या होना

quadruplet क्वॉ-ड्रुप्लिट *n* **1** एक साथ काम करने वाली चार चीज़ें, चतुष्क, **2** (in *pl*) एक साथ जन्मे चार बच्चे, चतुष्क

quadruplex क्वॉ-ड्रुप्लेॅक्स *a* **1** चौगुना, चतुष्क, **2** ~ system एक तार से एक-साथ चार सन्देश भेजने की विधि, चतु:संवादविधि

quadruplicate *a* & *n* & *vt* क्वॉड्रुप्लिकट (*a* & *n*); -केट (*vt*) चौगुना, चौहरा, चार बार किया हुआ, *n* in ~ चार प्रतियों में, (in *pl*) चार प्रतियां; *vt* **1** चौगुना करना, **2** चार प्रतियां बनाना

quaff क्वाफ़ *vt* & *i* बड़े-बड़े या लंबे-लंबे घूंट पी कर (प्याला आदि) ख़ाली कर देना [to ~ a glass of milk], *vi* सारा पी जाना

quag क्वैग *n* दलदल; ~**gy** *a* दलदली

quagmire क्वैग्माइअर *n* दलदल; to be in a ~ (*fig*) मुसीबत या मुश्किल में होना

Quai d'Orsay F के दोर्से *n* (सेन Seine नदी के तट पर स्थित) फ्रांस का विदेशमन्त्रालय; फ्रांस की विदेश-नीति

quail^1 क्वेल *n* बटेर

quail^2 *vi* (of person) दबना, डर जाना, त्रस्त हो जाना, सहम जाना [to ~ **before** s.o.]

quaint क्वेन्ट *a* असाधारण होने के कारण ध्यान आकर्षित करने वाला, अजीब, अनोखा, विचित्र, विलक्षण, हास्यजनक [~ appearance, manners]; ~ ideas दकियानूसी या अजीब विचार; ~**ness** *n* अनोखापन, विलक्षणता

quake क्वेक *vi* & *n* **1** (डर या सर्दी के मारे) कांपना [to ~ **for, with,** fear or cold], **2** (of thing) हिलना, डोलना, झूलना, (of earth) भूकम्प होना; *n* **1** कंपन, कँपकँपी, **2** *colloq* भूकम्प

Quaker क्वेकर *n* इंग्लैंड में सत्रहवीं शताब्दी में स्थापित शांतिप्रिय और सादगीपसंद लोगों के संघ का सदस्य, क्वेकर; ~(s') **meeting** मौन सभा

quaky क्वेकि *a* कांपता हुआ, हिलता-डोलता हुआ,

झूलता हुआ

qualification क्वॉलिफ़ि-केशन *n* 1 योग्यता, अर्हता [~(s) **for** a post etc], उपाधि; 2 शर्त [~s **for** citizenship, membership, etc], 3 कहना, बताना, संज्ञा देना [the ~ of his judgment as biased is unfair], 4 किंचित् परिवर्तन, कुछ फेर-बदल, कम या नरम करना, कमी; प्रतिबंध, शर्त [to accept without ~]

qualified *a* 1 योग्य, योग्यता-प्राप्त, अर्हताप्राप्त; उपाधि-प्राप्त [a ~ doctor], 2 सीमित, सापेक्ष, शर्त-सहित, सशर्त [~ acceptance]; सीमित, हल्का [The Opposition gave its ~ support to the Govt's policy]

qualify क्वॉलिफ़ाइ *vt* & *i* 1 (वस्तु या व्यक्ति का) गुण या विशेषता बताना, 2 कहना या बताना (कि अमुक वस्तु ऐसी है), संज्ञा देना [to ~, a judgment as biased, a person as a scoundrel]; 3 योग्य बनाना, लायक बनाना [to ~ s.o. **for** a job], उपयुक्त बनाना, 4 (कथन, राय आदि) कुछ-कुछ बदल देना, किंचित् परिवर्तन कर देना [to ~ a statement]; नरम करना, कम करना [to ~ s.o.'s joy]; शर्त रखना, प्रतिबंध लगाना [to ~ a consent], 5 *vi* योग्य (सिद्ध) होना, योग्य बनना, योग्यता या अर्हता प्राप्त करना, परीक्षा पास करना, उपाधि प्राप्त करना [to ~ **as** a pilot, doctor, etc]

qualifying *a*. ~ examination (i) न्यूनतम आवश्यक योग्यता प्रमाणित करने की परीक्षा, प्रमाणपत्र प्राप्त करने की परीक्षा, अर्हता-परीक्षा, (ii) (स्कूल की) प्रवेश-परीक्षा

qualitative क्वॉलिटेटिव *a* गुणसंबंधी, गुणविषयक, गुणात्मक [~ analysis, difference, etc]

quality क्वॉलिटि *n* 1 (अच्छाई का) दर्जा, (उत्तमता की) कोटि, प्रकार; of high, poor, ~ उच्च, निम्न, कोटि का, 2 अच्छाई, उत्कृष्टता, गुणता, गुण [Q~ matters more than quantity], 3 योग्यता, दक्षता, प्रवीणता, गुण [the qualities of a ruler]; **to give s.o. a taste of one's** ~ करके दिखाना कि व्यक्ति क्या कुछ जानता है, अपने कौशल का प्रमाण देना; 4 स्वभाव, प्रकृति, स्वरूप, 5 हैसियत, रूप, स्वरूप [to act **in the** ~ **of**]; 6 *arch* सामाजिक दर्जा या स्थिति, people of ~ अभिजात वर्ग; 7 (of sound) स्वर-विशेषता, ध्वनिस्वरूप; 8 *comb*: ~ **control** गुणवत्ता-नियन्त्रण; ~ **goods**, ~ **product** बढ़िया माल

qualm क्वाम *n* 1 तनिक जी मिचलाना, मिचली, मतली, 2 जी बैठ जाना, आशंका, 3 अन्तःकरण की भर्त्सना, आत्मग्लानि, पाप का भय या चिन्ता [to have no ~s **about** doing sth]; ~**ish** *a* 1 जिसका जी मिचला रहा हो, वमनेच्छु; 2 आशंकित

quandary क्वॉन्डरि *n* 1 असमंजस, दुविधा, परेशानी, 2 किंकर्तव्यविमूढता; 3 to be in a ~ (i) दुविधा में होना, (ii) किंकर्तव्यविमूढ़ होना

quanta क्वॉन्टः *n pl* (see quantum)

quantify *vt* 1 *log* संख्यावाचक या परिमाणवाचक विशेषण (all, some, etc) लगाना, 2 मात्रा या परिमाण निर्धारित करना या बताना

quantitative क्वॉन्टि-टेटिव *a* 1 मात्रा का, मात्रा-संबंधी, मात्रिक, मात्रात्मक, परिमाणात्मक, [~ analysis], 2 स्वर की मात्रा पर आधारित, मात्रामूलक; ~ verse मात्रिक छन्द; ~**ly** *adv* मात्रा या परिमाण की दृष्टि से, परिमाणतः

quantity क्वॉन्टिटि *n* 1 मात्रा, परिमाण, विस्तार, संख्या आदि, इयत्ता, 2 in *pl* बड़ी मात्रा या संख्या [It is found in quantities on the shore], 3 *pros* स्वर का लघु या दीर्घ होना, मात्रा; 4 *math* राशि, **unknown** ~ (*fig*) अज्ञात प्रकृति का व्यक्ति या वस्तु; **negligible** ~ (*fig*) मामूली या नगण्य व्यक्ति या वस्तु

quantum क्वॉन्टम *n* (*pl* -ta), 1 मात्रा, परिमाण, कियत्ता, 2 पर्याप्त मात्रा, 3 ~ **theory** (*phys*) यह सिद्धान्त कि विद्युदणुओं (electrons) की ऊर्जा निरन्तर विकीर्ण नहीं होती रहती बल्कि रुक-रुक कर थोड़ी-थोड़ी मात्रा (quantum) में

quarantine क्वॉरन्टीन *n* & *vt* 1 बाहर से आने वाले जिन जहाज़ों, यात्रियों आदि से संक्रामक रोग फैलने की आशङ्का हो उन्हें अलग रखना, संसर्ग-निरोध, संगरोध; 2 संगरोध की अवधि, संसर्ग-निषेध काल, 3 संगरोध-स्थल: to be in, out of, ~ (i) संगरोधस्थल में होना या रखा जाना; (ii) संगरोध से मुक्ति पाना; *vt* संगरोध स्थल में रखना

quarrel¹ क्वॉरल *n* 1 झगड़ा, कलह, लड़ाई; **to pick a** ~ **with s.o.** किसी से (जान-बूझकर) झगड़ा करना, झगड़ पड़ना, उलझ पड़ना, लड़ पड़ना, 2 कहा-सुनी, तकरार, विवाद; अनबन, 3 शिकायत [I have no ~ **with, against,** him]

quarrel² *vi* 1 झगड़ा करना [to ~ **with** s.o. **about** *or* **for** sth], 2 अनबन हो जाना, 3 शिकायत होना या करना, दोष देना, दोष निकालना [They are ~ling with the present system of education]; 4 **to** ~ **with one's bread and butter** रोजी पर लात मारना

quarrelsome *a* झगड़ालू, कलहप्रिय; ~**ness** *n* झगड़ालू स्वभाव या प्रवृत्ति

quarry¹ क्वॉरि *n* पक्षी या पशु जिसके पीछे शिकारी पक्षी या कुत्ते लगे हों, शिकार

quarry² *n* & *vt* & *i* 1 वह जगह जिसे खोदकर पत्थर निकाला जाता है, पत्थर की खुली खान, खदान, 2 *fig* जानकारी आदि की खान [This book is a ~ of facts]; *vt* (पत्थर) खोदना, पत्थर निकालना; पुस्तकों से (तथ्य आदि) खोज निकालना या संकलित करना, *vi* (तथ्य आदि की) खोज में लगना

quart¹ क्वॉर्ट *n* चौथाई गैलन (see gallon), लगभग डेढ़ बोतल, क्वार्ट

quart² कॉर्ट *n* तलवार के खेल या पटेबाजी का

पेंतरा-विशेष

quartan क्वॉर्टन *a* & *n* हर चौथे दिन आने वाला (ज्वर), चौथिया (ज्वर)

quarter^1 क्वॉर्टर *n* **1** चौथा भाग, चतुर्थांश, चौथाई, to divide sth **into ~s** चार (बराबर) भाग करना; **a ~ of an hour** 15 मिनट; **a bad ~ of an hour** थोड़ी देर का अप्रिय अनुभव; for a quarter (of) the price चौथाई कीमत पर, **2** *naut* जहाज़ के पिछवाड़े का दायाँ या बायाँ आधा भाग, किलमी, **3** हंड्रिडहूवेट का चौथा भाग=28 पौंड, **4** वर्ष का चौथा भाग, त्रिमास, तिमाही, **5** चान्द्र मास का चौथा भाग, अर्धपक्ष, पक्षार्ध, **6** घंटे का चौथा भाग, 15 मिनट, **a ~ to six** पौने छ: बजे, **a ~ past six** सवा छ: बजे, **7** (i) दिशा, प्रदेश, क्षेत्र [They arrived from all ~s], (ii) (सूचना या सहायता आदि पाने का) सूत्र, व्यक्ति [I expect no help, trouble, from that ~], **8** नगर का भाग, मुहल्ला, बस्ती [the Chinese, manufacturing, residential, ~]; **9** in *pl* आवास, निवास, *mil* छावनी, पड़ाव, बैरकें; winter ~s सर्दियों की छावनी; **to take up one's quarters in, with, etc** (में, के यहां) निवास करना, रहना, ठहरना, **10** (आत्मसमर्पण करने वाले शत्रु के लिए) क्षमादान, दया; **to ask for** *or* **cry ~** क्षमा या दया की याचना करना; **to give no ~ to** क्षमा न करना, न बख़्शना, दया न करना, *fig* कटु आलोचना करना; **to receive no ~** न बख़्शा जाना, **11** वध किये गये पशु या पक्षी के शरीर का चौथा भाग (जिसमें एक टांग शामिल हो), **hindquarters** पुट्ठा; **12** *comb*: **quarter-day** तिमाही का पहला दिन (जो कि त्रैमासिक भुगतान का दिन होता है), **~-deck** उच्चतम (upper) डेक का भाग-विशेष (see deck); **~-final** सेमिफ़ाइनल से पहले के (चार) मैचों में से एक; **~-plate** (*photog*) 8.3 cm × 10.8 cm की प्लेट; इस प्लेट पर खींचा गया फ़ोटो

quarter^2 *vt* **1** चार भागों में विभक्त करना, **2** (वि० सैनिकों को) छावनी या बैरकों में ठहराना [to ~ the troops], **3** किसी के यहां ठहराना [to ~ the troops **on** the inhabitants], **4** to be **~ed with** s.o. किसी के यहां ठहरना

quarterage क्वॉर्टरिज *n* त्रैमासिक चंदा या भुगतान या पेन्शन

quarterly *a* & *n* & *adv* त्रैमासिक (पत्रिका), *adv* हर तीन महीने बाद, हर चौथे महीने

quartermaster क्वॉटर्-मास्टर *n* **1** *naut* अभीष्ट दिशा में संचालन करने वाला अधिकारी, कर्णपाल, **2** (*mil*; *abbr* **Q.M.**) सैनिकों के आवास, रसद, वर्दी आदि का प्रबंध करने वाला अधिकारी; आवास एवं रसद-प्रबंधक, क्वार्टर-मास्टर; **Q~ General** (*abbr* **Q.M.G.**) आवास तथा रसद-विभाग का प्रधान अधिकारी, क्वार्टर-मास्टर जनरल

quartern क्वॉर्टर्न *n* **1** चार पौंड (तौल) की डबल रोटी (also ~-loaf), **2** पाइन्ट (pint) का चतुर्थांश

quartet(te) क्वॉर्टेंट *n* **1** चार गायकों अथवा वाद्यों का संगीत; चतुष्क, **2** ऐसे संगीत के चार गायक, गायक-चतुष्टय, चतुष्क, **3** चार वस्तुओं या व्यक्तियों का समूह, चतुष्टय; चार व्यक्तियों की मंडली, चौकड़ी

quarto क्वॉर्टो *n* चौथाई ताव का आकार; **~ paper** इस आकार का काग़ज़, चौपेजी काग़ज़

quartz क्वॉर्ट्स *n* स्फटिक, बिल्लौर

quash क्वॉश *vt* **1** रद्द करना, मंसूख़ करना [to ~ a judgment], **2** अवैध घोषित करना [to ~ an election], **3** रोक देना, दबा देना, अन्त करना [to ~ a rebellion etc]

quasi क्वेसाइ, क्वाज़ि *pref* अर्द्ध-, -कल्प, नाम का, लगभग [a ~-official status]; **~-judicial** अर्धन्यायिक, **~-permanent** लगभग स्थायी, स्थायीवत्

quassia क्वॉश: *n* **1** दक्षिण अमरीकी वृक्ष-विशेष, क्वासिया, **2** इसकी छाल आदि से बना काढ़ा

quatercentenary क्वैटर्-सेन्टीनरि *n* चतुश्शती

quaternary क्व-टर्नरि *a* & *n* **1** चार अवयवों वाला, चार वस्तुओं के मेल से बना, **2** चार (की संख्या) से संबंधित, चार का, **3** (*geol*) **Q~** चतुर्थ युग का, चतुर्थयुगीन; आधुनिक युग का, *n* **1** चार वस्तुओं का समूह, चतुष्टय; **2 Q~** चतुर्थ महाकल्प

quaternion क्व-टर्निअन *n* चार वस्तुओं का समूह, चतुष्टय, चतुष्क

quatrain क्वॉट्रेन *n* चार पंक्तियों का पद्य (जिसमें प्राय: पहली और तीसरी तथा दूसरी और चौथी की तुक मिलती है), चतुष्पदी

quatrefoil कैटर्फ़ॉइल *n* (एक बिन्दु पर जुड़ी हुई) चार पत्तियों की आकृति, चौपतिया (आकृति), चतुर्दल

quaver क्वेवर *vi* & *t* & *n* **1** थरथराना, लरज़ना, (स्वर का) कांपना, **2** *vt* (of singer) स्वर कंपाना, गिटकिरी भरना; *n* स्वरकंपन, गिटकिरी; **~ing, ~y** *aa* (of voice) कंपायमान

quay की *n* (समुद्रतट के साथ-साथ बना हुआ या समुद्र के अन्दर गया हुआ प्राय: पाषाण-निर्मित) माल चढ़ाने-उतारने का घाट, (जहाजी) घाट

quayage की-इज *n* घाट-शुल्क

quean क्वीन *n* (*arch*) धृष्ट या नटखट लड़की या स्त्री

queasiness *n* (see foll) मिचली

queasy क्वीज़ि *a* **1** (of food) वमनकारी, भारी, अरुचिकर, **2** (of person) to feel ~ जी मिचलाना, **3** ~ stomach कमज़ोर आमाशय, **4** ~ conscience तनिक पाप के विचार से घबरा जाने वाला अन्त:करण, पापभीरु अन्त:करण

queen^1 क्वीन *n* 1 राजपत्नी, रानी, महारानी, 2 स्वयं शासन करने वाली, शासिका, महारानी [Q~ Victoria], 3 ~ **consort** राजपत्नी, पटरानी (also see consort^1); ~ **dowager** दिवंगत राजा की पत्नी; ~ **mother** शासक की माता, राजमाता, 4 *cards* बेगम; *chess* वज़ीर; 5 सुन्दरी, प्रेयसी; 6 सर्वोत्तम स्थान या वस्तु (जिसे स्त्रीलिंगी समझा जा सके) [Mussoorie is the ~ of hills], ~ bee जननक्षम मादा मक्खी, रानी मक्खी

queen^2 *vt* & *i* 1 रानी बनाना, 2 *chess* प्यादे को वज़ीर के घर पहुंचाना, 3 *vi* to ~ **it** रानी बनना, रानी का अभिनय करना

queenly *a* रानियों-जैसा, महारानी-सदृश, रानियों को शोभा देने वाला

queer^1 क्विअर *a* 1 अजीब, अनोखा, विचित्र, हास्यजनक [a ~-looking chap]; 2 सनकी, वहमी; a ~ fish सनकी आदमी, 3 संदिग्ध, 4 जिसका सिर चकरा रहा हो, जिसकी तबीयत ठीक न हो [to feel ~], 5 (*sl*) **to be in Queer Street** कठिनाई या मुसीबत में होना, ऋणग्रस्त होना, साख घटना, बदनामी होना

queer^2 *vt* बिगाड़ना, ख़राब कर देना; **to ~ the pitch for s.o., to ~ s.o.'s pitch** पहले से (साँठ-गाँठ करके) किसी की सफलता असंभव कर देना, पहले से किसी का काम बिगाड़ देना

quell क्वे॑ल *vt* (*liter*) 1 दबा देना, कुचल देना, दमन करना, काबू पा लेना [to ~ a rebellion, rebels, etc], 2 (क्रोध, भय आदि) शान्त करना, दूर करना, रोकना, दबाना [to ~ an emotion]

quench क्वे॑न्च *vt* 1 (आग आदि) बुझाना, शान्त करना, 2 प्यास बुझाना या मिटाना [to ~ one's thirst], 3 (गरम धातु को) बुझाना, पानी में डाल कर ठंडा करना, 4 (इच्छा, मनोवेग आदि) शान्त करना, मिटाना, शमन करना, दमन करना, 5 *sl* (विरोधी का) मुँह बन्द कर देना, **~er** *n* प्यास बुझाने की चीज़, पेय; **~less** *a* न बुझने वाला, अदम्य

quenelle क-ने॑ल *n* कोफ़्ता

querist क्विअ-रिस्ट *n* (*liter*) प्रश्नकर्ता

quern क्वर्न *n* चक्की

querulous क्वे॑रुलस *a* 1 प्राय: शिकायत करते रहने वाला, शिकायती, झगड़ालू, चिड़चिड़ा, 2 शिकायत-भरा, झगड़ा या शिकायत करने का

query क्विअरि *n* & *vt* & *i* 1 (वि० आपत्ति के रूप में) प्रश्न, सवाल, एतराज़, 2 प्रश्नचिन्ह, 3 (कथन की सत्यता के विषय में) सन्देह, शंका, शक; *vt* & *i* 1 प्रश्न करना, पूछना [to ~ **whether, if . . .**], 2 के बारे में सन्देह या शंका व्यक्त करना [to ~ s.o.'s instructions], 3 *vi* प्रश्नचिन्ह लगाना

quest^1 क्वे॑स्ट *n* 1 खोज, तलाश, अन्वेषण, गवेषणा [**to go in ~ of sth**], 2 वस्तु जिसकी खोज की जाये

quest^2 *vt* 1 (of dogs) शिकार की तलाश में फिरना; 2 की तलाश करना [**to ~ for sth**]

question^1 क्वे॑स्चन *n* 1 प्रश्न, सवाल [to ask s.o. a ~, to put a ~ to s.o.]; **a million dollar ~** अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रश्न, 2 शक, शंका, सन्देह; एतराज़: **to call, bring, sth in ~** किसी बात पर सन्देह अथवा एतराज़ करना, न मानना; **without question** (i) नि:सन्देह, अवश्यमेव, (ii) to obey without ~ बिना आपत्ति किये आज्ञा मानना; **beyond all ~** नि:सन्देह, सन्देहरहित, 3 समस्या, 4 वह बात जिस पर किसी समस्या का हल निर्भर करे [It is a ~ of money]; Success is merely a ~ of time सफलता अवश्य मिलेगी पर कुछ समय लगेगा, 5 विचाराधीन मामला, चर्चा का विषय; **the person in ~** व्यक्ति जिसकी बात हो रही है; प्रसंग-गत व्यक्ति, that is not the ~ यह बात नहीं है; यह चर्चा का विषय नहीं है, 6 **out of the ~** जो नहीं हो सकता (अत: जिस पर विचार करना बेकार है), असंभव, अविचारणीय; 7 (at meeting) **to put the question** प्रस्ताव पर सदस्यों के वोट लेना, 8 **a vexed ~** कठिन मामला जिस पर कई बार बहस हो चुकी हो; विवादग्रस्त मामला, 9 *comb*: **~ hour** (संसद् में) प्रश्नोत्तरकाल; **~ mark** (i) प्रश्नचिन्ह (?), (ii) सन्देह-चिन्ह, सन्दिग्ध मामला, अज्ञात या सन्दिग्ध बात, वह जिसके विषय में कुछ पता न हो [We are all set for the journey. The only ~ mark is the weather]; A big ~ mark hangs over the fate of the hostages बन्धकों का भाग्य (अर्थात् उनका बचना या छोड़ा जाना) बिल्कुल अनिश्चित है; **~-master** प्रश्नोत्तर कार्यक्रम का अध्यक्ष, प्रश्नकर्ता, प्रश्नाध्यक्ष

question^2 *vt* 1 प्रश्न या सवाल करना, पूछना; पूछ-ताछ करना, 2 सन्देह करना, शक करना [to ~ the honesty, fitness, of s.o.], 3 **it cannot be ~ed that** इसमें कोई सन्देह नहीं है कि· · ·; **~able** क्वे॑स्च-न-बल *a* संदिग्ध, सन्देहास्पद, शंकनीय, सन्देहास्पद; अनिश्चित, विवादास्पद; **~er** *n* प्रश्नकर्ता; **~ing** *n* पूछ-ताछ

questionary क्वे॑स्चनरि *n* = foll

questionnaire F क्वे॑स्चने॑अर *n* प्रश्नावली, प्रश्नमाला

queue क्यू *n* & *vi* (लोगों, गाड़ियों आदि की) कतार, पंक्ति, लाइन [to stand in a ~, **to form a ~**]; *vi* to ~ **(up)** कतार या पंक्ति में खड़ा होना, लाइन में लग जाना

quibble क्विबल *n* & *vi* 1 दो-मानी बात, द्व्यर्थक शब्द (का प्रयोग), श्लेष, 2 टाल-मटोल, वाक्छल, *vi* दो-मानी बात करना, 3 टाल-मटोल करना, 4 (वाद-विवाद में) बाल की खाल निकालना, वितण्डा करना; **~r** *n* 1 दो-मानी बात करने वाला,

2 टाल-मटोल करने वाला, वाक्छली, 3 बाल की खाल निकालने वाला, वैतंडिक; **quibbling** *a* वाक्छली

quick^{1} क्विक *a* **1** तेज़ (चलने वाला), तीव्र, द्रुत; [~ pulse], **2** शीघ्र काम करने वाला, फुर्तीला, चुस्त [~ to act; ~ of foot; ~ to anger], **3** शीघ्र या तुरन्त या अविलम्ब (होने वाला), आशु, तुरंत [a ~ reply]; **4** ~ **child** कुशाग्र बुद्धि बच्चा; **quick march** (*mil*) चार मील प्रति घंटे की रफ़्तार, तेज़ चाल, (*as command*) तेज़ चलो, **5** *arch* जीता-जागता, जीवित [the ~ and the dead]; **quick with child** गर्भवती (जिसे बच्चे की गति महसूस होने लगी हो), **6** *comb*: ~ **temper** क्रोधी स्वभाव, चिड़चिड़ापन; ~**-tempered** *a* गुस्सैल, तेज़-मिज़ाज; ~ **wits** स्थिति को झट समझ जाने, झट जवाब देने आदि की योग्यता; ~**-witted** *a* प्रखर-बुद्धि; प्रत्युत्पन्नमति, हाज़िरजवाब

quick^{2} *n* त्वचा या नाखून के नीचे का मांस [He bites his nails to the ~]; *fig* मर्म, मर्मस्थल; **to cut, touch, sting, s.o. to the quick** किसी को मर्माहत करना [The insult stung him to the ~]

quick^{3} *adv* जल्दी, शीघ्र, द्रुत [He wants to get rich ~]; ~**ly** *adv* जल्दी, शीघ्र, जल्दी से, तुरन्त, झटपट; ~**ness** *n* **1** तेज़ी, जल्दी, द्रुत गति, फुर्ती, **2** (इन्द्रियों की) द्रुत ग्रहणशीलता

quicken क्विकन *vt* & *i* **1** तेज़ या तीव्र करना, गति बढ़ाना [to ~ one's pace]; तेज़ या तीव्र होना या किया जाना, **2** जान डालना, प्राण फूंकना, अनुप्राणित करना, सजीव या जीवित होना, पुनरुज्जीवित होना, **3** बढ़ाना, तेज़ करना, उत्तेजित करना [to ~ the desire, appetite, etc]

quickie क्विकि *n* जल्दी किया हुआ काम, झटपट तैयार की हुई चीज़; (कार्यक्रम का ख़ाली समय भरने के लिए) छोटी या सस्ती फ़िल्म, क्विकी

quicklime क्विक्लाइम *n* अनबुझा चूना, कली चूना, बरी का चूना

quicksand क्विक्सैन्ड *n* (समुद्रतट पर की) पोली रेत, चोर रेत, बलुआ दलदल; **to get caught in ~** (बलुआ) दलदल में धँस जाना

quickset क्विक्सेॅट *n* पौधों की टहनियां जो धरती में गाड़ने से उग आती हैं और बाड़ का काम देती हैं; *a* & *n* ~ (**hedge**) झाड़ियों की बाड़

quicksilver क्विक्सिल्वर *n* पारा, पारद

quickstep क्विक्स्टेॅप *n* (*mil*) तेज़ चाल (= quick march)

quid^{1} क्विड *n* (*pl* same) *sl* पौंड (मुद्रा), at five ~ a week 5 पौंड प्रति सप्ताह (cf. buck^{5})

quid^{2} *n* (तम्बाकू की) सुरती

quiddity क्विडिटि *n* **1** (वस्तु का) सार, तत्त्व; (व्यक्ति की) असलियत, **2** बाल की खाल निकालना, वितण्डा, हुज्जत

quidnunc क्विड्नङ्क *n* गप्पी

quid pro quo L क्विड् प्रो क्वो *n* **1** मुआवज़े के तौर पर दी गई चीज़, मुआवज़ा, हरजाना, क्षतिपूर्ति, प्रतिदान [He must get a ~], **2** एक वस्तु के बदले में दी या ली गई दूसरी वस्तु, बदला [to return a quid pro quo]

quiescence क्वाइ-एॅसन्स *n* **1** निश्चलता, निष्क्रियता, निश्चेष्टता, **2** मौन

quiescent क्वाइ-एॅसंट *a* **1** निश्चल, गतिहीन, निष्क्रिय, निश्चेष्ट, **2** अव्यक्त, मौन, अनुच्चारित

quiet^{1} क्वाइअट *n* **1** (राजनीतिक) शांति, अमन-चैन [A period of ~ followed], **2** (वातावरण की) शान्ति, शान्त वातावरण [People come here, seeking ~ and rest]; नीरवता, निस्तब्धता, सन्नाटा [the ~ of the night], **3** उत्तेजना या घबराहट का अभाव, मानसिक शान्ति, शान्त स्वभाव

quiet^{2} *a* **1** (of atmosphere etc) नीरव, निस्तब्ध, शान्त, **on the ~** चुपचाप, गुप्त रूप से; (also **on the q.t.**), **2** मौन रहने वाला, कम बोलने वाला, **Keep ~** बातें मत करो, शोर मत करो, **3** शान्त स्वभाव, शान्तचित्त, गंभीर, सौम्य, अक्षुब्ध, अनुद्विग्न, **4** (of colour, dress) जो शोख़ या भड़कीला न हो, हल्का, सादा (opp. loud), **5** जो प्रत्यक्ष या व्यक्त न हो, अन्दर ही अन्दर रहने वाला, मौन [~ resentment]; **to keep ~ about sth** की चर्चा न करना, के विषय में चुप रहना, **6** आडम्बरहीन, सादा [a ~ wedding]; ~**ly** *adv* **1** चुपचाप, बिना शोर किये, **2** आराम से, शान्तिपूर्वक; ~**ness** *n* **1** शान्ति, निस्तब्धता, मौन, नीरवता, निःशब्दता [the ~ness of the machine], **2** सौम्यता, गंभीरता [the ~ness of his manner]

quiet^{3} *vt* & *i* (also **quieten** which is more usu) **1** शान्त करना, मिटाना [to quieten) s.o.'s fears, suspicions]; **2** दिलासा या सान्त्वना देना, शान्त करना, **3** *vi* शान्त होना [The town quieted *or* quietened after the riots]

quietude क्वाइअ-ट्यूड *n* शान्त स्वभाव, सौम्यता, गंभीरता

quietism क्वाइअ-टिज़म *n* निवृत्ति, निवृत्ति मार्ग, निवृत्तिवाद, निष्कर्मवाद; **quietist** *n* निवृत्तिवादी

quietus क्वाइ-ईटस *n* **1** भुगतान की रसीद, **2** जीवन से छुटकारा, मुक्ति, मृत्यु; **to give s.o. his ~** किसी को परलोक पहुंचा देना; **3** अन्त, समाप्ति

quill^{1} क्विल *n* **1** पंख, **2** पंख की डंडी, **3** (पंख की डंडी की बनी) (i) कलम (~-pen), (ii) मिज़राब, (iii) दाँत की कुरेदनी; मुरली, **4** (साही का) कांटा, **5** फिरकी, **6** ~**-driver** (*arch*) लेखनी-जीवी, क्लर्क, पत्रकार, लेखक

quill^{2} *vt* & *i* **1** (किनारी को) चुन्नटदार बनाना, चुन्नट डालना, **2** *vi* फिरकी पर तागा लपेटना

quilt क्विल्ट *n* & *vt* रज़ाई, दुलाई, गद्दा; *vt*

(वस्त्र की दो तहों के बीच) रुई भरना, वस्त्र की दो तहों के बीच (सिक्के, चिट्ठियां आदि) सी देना, दूसरों के विचारों या उद्धरणों को संकलित करके (ग्रन्थ) रचना

quinary क्वाइनरि *a* 1 पांच (की संख्या) का, 2 पांच वस्तुओं का बना हुआ, पंचक

quince क्विन्स *n* विही (वृक्ष और फल)

quincentenary क्विन्सें न्टीनरि = quingentenary

quincunx क्विन्कङ्क्स *n* पांच वस्तुओं का ऐसा विन्यास कि चार तो वर्ग या आयत के कोनों पर हों और पांचवी केन्द्र पर (जैसा कि ताश का पंजा होता है); इस प्रकार रखी पांच वस्तुएं, पंचवृक्षी

quingentenary क्विन्जें न्टीनरि *n* & *a* पंचशती (का)

quinine क्विनीन *n* ज्वरहर औषध-विशेष, कुनैन

quinquagenarian क्विङ्क्व-जिनें अ-रिअन *a* & *n* 50 से 59 साल तक का (आदमी) (also **quinquagenary**)

quinquennial क्विङ्क्वें निअल *a* 1 पांच वर्ष तक रहने वाला, 2 पांच वर्ष बाद आने वाला, पंचवर्षीय, पंचवार्षिक, पंचसाला

quinsy क्विन्ज़ि *n* गले की सूजन; टांसिल में पीप पड़ जाना

quintal क्विन्टल *n* सौ किलोग्राम (ढाई मन से कुछ अधिक)

quintan क्विन्टन *a* & *n* हर पांचवें दिन आने वाला (बुख़ार)

quintessence क्विन्टें सन्स *n* 1 (वस्तु का) सार, सत, रस, निचोड़, अर्क, (पुस्तक का) सारांश, निष्कर्ष, 2 (किसी गुण का) शुद्धतम स्वरूप, उत्कृष्ट नमूना, 3 (*ancient philos*) चार तत्त्वों (see element, 2) के अतिरिक्त पांचवां तत्त्व (ether आकाश), पंचम तत्त्व; **quintessential** *a* सार-रूप, सर्वोत्कृष्ट

quintet(te) क्विन्टें ट *n* 1 पांच गायकों अथवा वाद्यों का संगीत, 2 ऐसे संगीत के पांच गायक, गायक-पंचक, 3 पांच वस्तुओं आदि का समूह, पंचक

quintillion क्विन्-टिलिअन *n* दस लाख को पांच बार दस लाख से गुणा करने से प्राप्त संख्या (=1 के साथ तीस शून्य); (U.S. & France) हज़ार को पांच बार हज़ार से गुणा करने से प्राप्त संख्या (=1 के साथ अठारह शून्य)

quintuple क्विन्ट्यूपल *a* & *n* पांचगुना, *n* पांचगुनी संख्या या मात्रा

quintuplet क्विन्ट्यूप्लिट *n* एक साथ जनमें पांच बच्चों में से एक, ~s पंचक

quip क्विप *n* & *vi* (-pp-) 1 ताना, बोली, व्यंग्योक्ति, 2 चुटकुला, ठठोली, हास्योक्ति, 3 दो-मानी बात, वाक्छल; *vi* ताना मारना

quire क्वाइअर *n* 1 (काग़ज़ का) दस्ता (=24 ताव), 2 (*of book*) **in ~s** खुले काग़ज़ों में, बिना जिल्द के

quirk क्वर्क *n* 1 दो-मानी बात, 2 टाल-मटोल, बहाना, 3 छल-कपट, धोखा, चालाकी [There's sure to be a ~ in it], 4 (अक्षर लिखने में) सजावटी वक्र रेखा

quisling क्विज़्लिङ्ग *n* विजेता शत्रु के साथ सहयोग करने वाला, देशद्रोही, ग़द्दार

quit^{1} *pred a* 1 मुक्त, छूटा हुआ, रिहा, दोषमुक्त, बरी, 2 **to be quit of the trouble** कष्ट या कठिनाई से छुटकारा पाना

quit^{2} *vt* (-tt-) 1 छोड़ देना, जाने देना, त्यागना; to ~ office पद त्यागना, 2 (व्यक्ति या स्थान को) छोड़कर चले जाना, प्रस्थान करना [~ted Paris at midnight], 3 (*abs.*, of tenant) मकान ख़ाली करना [to give s.o. notice to ~; to have notice to ~]

quite क्वाइट *adv* 1 पूर्णतया, पूरी तरह, बिल्कुल, [I'm ~ alone]; 2 सचमुच [He is ~ a hero]; **~ other** बिलकुल भिन्न; **~ another** कोई और ही, **~ something** असाधारण या अद्भुत बात, **~ (so)** हां, ठीक है, मानता हूं; 3 **~ a few** people काफ़ी लोग

quits क्विट्स *pred a* (बदला लेने या ऋण चुकाने के बाद) बराबर; I am **~ with you**; Now we are ~ अब हम बराबर हैं; **to cry ~** मानना कि मामला बराबर हो गया है (अत: अब आगे झगड़ा करने की ज़रूरत नहीं है)

quittance क्विटन्स *n* 1 (अदायगी की) रसीद, भरपाई, 2 (किसी तरह के व्यवहार का) बदला, प्रतिकार, इनाम, पुरस्कार आदि

quiver^{1} क्विवर *n* तरकश, तूणीर

quiver^{2} *vi* 1 (of person) कांपना, थरथराना, लरज़ना [to ~ with fear], 2 (of light) हिलना, 3 (of voice) कांपना, लरज़ना

qui vive F की वीव *n* **to be on the qui vive** होशियार या सावधान या चौकस या चौकन्ना रहना, ख़याल रखना कि क्या होता है

Quixote क्विक्सों ट *n* अपने हित की परवाह न करके लोगों का भला करने वाला, असंभव आदर्शों के पीछे दौड़ने वाला अव्यावहारिक व्यक्ति, स्वप्नद्रष्टा

quixotic क्विक्सों टिक *a* 1 अव्यावहारिक, 2 अत्यधिक परोपकारी; **quixotism** क्विक्सटिज़्म *n* अव्यावहारिकता; अतिपरोपकारिता

quiz क्विज़ *n* (*pl* ~zes) & *vt* (-zz-) 1 प्रश्न, पहेली, प्रश्नोत्तरी, (रेडियो, टेलिविज़न आदि कार्यक्रम में) सामान्य ज्ञान-परीक्षा; प्रश्नोत्तर परीक्षा, **~-master** प्रश्नकर्ता (=question-master); **~ programme** प्रश्नोत्तर कार्यक्रम, 2 मज़ाक़, उपहास, 3 उपहासार्थ धोखा, झांसा, चकमा; *vt* 1 प्रश्न करना, पहेली पूछना, 2 *arch* (किसी को) ऐसे ताकना मानो उसका मज़ाक उड़ा रहे हों

quizzical क्विज़िकल *a* 1 हास्यजनक, अजीब, 2 उपहासात्मक, उपहास-भरा, चिढ़ाने का [a ~

smile]; 3 प्रश्नात्मक

quod¹ क्वॉड *n* (*sl*) जेल, कारागार [in, out of, ~]

quod² Lat *pron* जो, ~ erat demonstrandum (Q.E.D.) जो सिद्ध करना था; इति सिद्धम्; ~ erat faciendum (Q.E.F.) जो करना या बनाना था; इति कृतम्; ~ **vide** (*abbr*: *q.v.*) (जिसे) देख लीजिये

quoin कॉइन *n* **1** इमारत का बाहरी कोना, **2** कोनिया पत्थर या ईंट, **3** कमरे का भीतरी कोना, **4** (तोप को ऊंचा करने के लिए) पच्चर, फन्नी

quoit कॉइट *n* **1** लोहे का चक्कर (जिसे खेल-विशेष में खूंटे पर यों फेंकने की कोशिश करते हैं कि खूंटा उसके अंदर आ जाए), **2** चक्कर फेंकने का खेल

quondam क्वॉन्डैम *a* पुराना, पहले का, भूतपूर्व [a ~ friend of mine]

quorum क्वॉरम *n* बैठक में सदस्यों की न्यूनतम आवश्यक संख्या, गणपूर्ति, कोरम

quota क्वोटः *n* **1** (देने या लेने का) नियत हिस्सा या अंश; नियत मात्रा, कोटा [to contribute, receive, one's ~], **2** (अनुमत अप्रवासियों, विद्यार्थियों आदि की) नियत संख्या

quotable, quoteworthy *aa* मिसाल देने लायक, उद्धरणीय

quotation क्वो-टेशन *n* **1** उद्धरण, अवतरण, **2** (माल या शेयरों का) चालू मूल्य या भाव (जो प्रत्याशित गाहक को बताया जाये), निवेदित मूल्य, **3** ~**-marks** उद्धरण-चिन्ह (“ ”)

quotative क्वोटटिव *n* **1** बहुत उद्धरण देने वाला, उद्धरणप्रिय, **2** उद्धरणात्मक

quote क्वोट *vt* & *n* **1** (पुस्तक का, से) उद्धरण देना, (पुस्तक से) उद्धृत करना; *abs* to ~ from an author, a book, etc लेखक या पुस्तक का हवाला देना, पुस्तक के उद्धरण देना, **2** to ~ an instance मिसाल या उदाहरण या दृष्टांत देना; **3** to ~ **a price** दाम या मूल्य बताना, *n* (usu in *pl*) उद्धरण-चिन्ह (“ ”)

quoth क्वोथ *vt* 1st & 3rd pers. past indic (*arch*) कहा, बोला [Quoth I, he, she, etc.]

quotidian क्व-टिडिअन *a* & *n* **1** दैनिक, प्रति-दिन का [~ fever], **2** साधारण, मामूली, तुच्छ; *n* दैनिक ज्वर

quotient क्वोशंट *n* (*math*) एक संख्या को दूसरी से भाग देने पर प्राप्त संख्या, भागफल, लब्धि

quo warranto क्वो वॉरैन्टो *n* यह बताने का आदेश कि किसी व्यक्ति ने अमुक काम किस अधिकार से किया है, अधिकारपृच्छा

Rr

R, r आर, अंग्रेजी वर्णमाला का अठारहवां वर्ण; **the three Rs** = reading, (w)riting, & (a)rithmetic प्राथमिक शिक्षा; *abbrs*: **R.C.** [Red Cross; Roman Catholic); **R M.S.** (Railway Mail Service) रेल-डाक व्यवस्था या सेवा; **R.T.O.** (Railway Transport Officer) रेल-परिवहन अधिकारी; **R.S.V.P.** F (Répondez s'il vous plait) कृपया उत्तर दीजिए

rabbet रैबिट *n* **1** खांचा, झिरी, **2** (दरवाज़े आदि की चौखट का) पैताम

rabbi रैबाइ *n* यहूदी पुरोहित या धर्माचार्य, विधिवेत्ता, रब्बी

rabbit रैबिट *n* & *vi* ख़रगोश, खरहा, शशक, ~**-hutch** (पालतू) ख़रगोशों का घर; *vi* to go ~ing ख़रगोश का शिकार करना

rabble¹ रैबल *n* **1** भीड़, मजमा, जमावड़ा, **2** घटिया लोग, **3** **the rabble** निम्नवर्ग (के लोग); **4** ~**-rouser** (आन्दोलन के लिए) निम्नवर्ग को भड़काने वाला

rabble² *n* (पिघली हुई धातु को चलाने के लिए आगे से मुड़ी हुई) लोहे की छड़

rabid रैबिड *a* **1** उग्र, प्रचण्ड, घोर, तीव्र [~ hate], **2** हठीला, ज़िद्दी, कट्टर [~ enemy of reform; ~ democrat], **3** (of dog) पागल, **4** अलर्क रोग का, आलर्क [~ virus]

rabies रेबीज़ *n* **1** कुत्ते का पागलपन, **2** पागल कुत्ते के काटने से होने वाला रोग, अलर्क रोग, जलसंत्रास, जलातंक

raccoon (see racoon)

race¹ रेस *n* **1** दौड़, दौड़-प्रतियोगिता [to run a ~]; (घोड़ों, गाड़ियों, नावों, आदि की) दौड़; in *pl* घुड़दौड़ आदि का सिलसिला, to go to the ~s घुड़दौड़ देखने जाना; **a ~ against time** निर्दिष्ट समय से पहले काम पूरा करने की कोशिश; **2** होड़, मुकाबला, प्रयत्न [~ for office]; **armaments ~** शस्त्रास्त्र (इकट्ठा करने) की होड़; **3** (नदी आदि में) पानी की तेज़ धारा, mill-race धारा जिससे चक्की चलती है; **4** *arch* (सूर्य या चन्द्रमा आदि की) गति; *fig* जीवनयात्रा, जीवन-अवधि [ere he had run half his race]; **5** *comb*:

~course घुड़दौड़ का मैदान, **~horse** दौड़ का घोड़ा; **~-track** धावन-पथ (जो प्राय: अंडाकार होता है)

race^{2} *vi & t* 1 भागना, दौड़ना [to ~ along], 2 (किसी के साथ) दौड़ लगाना, मुकाबला करना [to ~ with s.o.], 3 *vt* दौड़ाना, भगाना [He ~d his cycle against a car], 4 जल्दी-जल्दी या तेज़ी से कार्यवाही करना; to ~ a bill through the House जल्दी से बिल पास कराना

race^{3} *n* 1 (मनुष्यों, पशुओं, पौधों की) जाति, प्रजाति, नस्ल, वंश; the human ~ मनुष्य जाति, [the Aryan, Dravidian, Mongolian, etc ~]; the feathered ~ पक्षी-जाति; the four-footed ~ चौपायों की जाति, चौपाये, 2 वंश, कुल, घराना, ख़ानदान [of noble ~]; 3 वर्ग [the ~ of poets etc]; 4 *comb*: ~ **relations** एक देश में रहने वाली विभिन्न जातियों के पारस्परिक संबंध, जाति-संबंध, जातीय संबंध; **~-riot** जातीय दंगा

race^{4} *n* अदरक (की जड़)

raceme रसीम *n* (टहनी पर बराबर-बराबर दूरी पर अलग-अलग डंडी से उगे हुए) फूलों का गुच्छा, असीमाक्ष

racer रेसर *n* दौड़ में भाग लेने वाला (घोड़ा, नाव, साइकिल आदि), दौड़ाक

rachitic र-किटिक *a* = rickety

rachitis र-काइटिस *n* = rickets

racial रेशल *n* 1 जाति का, जाति-संबंधी, जातिगत, नस्ल का, नस्ली [~ discrimination], 2 वंश या कुल का, वंशगत, वंशीय [~ trait]; **~ly** नस्ल की दृष्टि से, वंशत:

racialism *n* जातिभेद की भावना, जातीय भेदभाव, जातिवाद; **racialist** *n* जातीय भेदभाव का समर्थक, जातिवादी

racism रेसिज़म *n* = prec; **racist** = racialist

rack^{1} रैक *n* हवा से धकेले जाते हुए हल्के बादल, चलते हुए बादल, चलमेघ (also **cloud-~**)

rack^{2} *n* 1 (काठ या धातु की पट्टियों का बना) भूसा रखने का ढांचा, चारादान, 2 (प्लेटें, औज़ार आदि रखने का) रैक, टांड़ [plate, luggage, tool, etc rack], 3 *mech* दांतेदार छड़ या पटड़ी, 4 *comb*: **~-railway** दांतेदार पटड़ी पर चलने वाली गाड़ी; **~-wheel** दांतेदार पहिया

rack^{3} *n* यातना देने का यन्त्र (जिसमें एक तरफ़ पैर और दूसरी तरफ़ हाथ बांधकर अपराधी के शरीर को दोनों ओर से खींचा जाता था), शिकंजा; **to be on the ~** घोर यातना या कष्ट सहना, बड़े कष्ट या मुसीबत में होना

rack^{4} *vt* 1 शिकंजे में खिंचवाना, घोर यन्त्रणा देना, 2 (of disease or mental agony) घोर कष्ट देना [a ~ing headache; ~ed with pain]; 3 **to rack one's brain(s)** माथापच्ची करना, दिमाग़ लड़ाना, सिर खपाना; 4 अत्यधिक (लगान) लेना, अत्यधिक लगान लेकर (काश्तकार को) तंग करना [to ~ the tenant], 5 **~-rent** अत्यधिक लगान

rack^{5} *vt* to ~ (off) wine, beer, etc तलछट से शराब, बियर आदि (का अंश) निकाल लेना

rack^{6} *n* तबाही, बरबादी (only in the *phr*) **to go to rack and ruin** बरबाद होना

racket^{1}, **racquet** रैकिट *n* 1 (टेनिस का) रैकट, बल्ला, 2 बर्फ़ (पर चलने) का जूता; 3 **~-tail** गुंजार करने वाला पक्षी-विशेष (जिसकी पूंछ रैकिट-जैसी होती है)

racket^{2} *n* 1 शोर-गुल, गुल-गपाड़ा, हल्ला-गुल्ला, हंगामा [to kick up a ~], 2 रंग-रलियां, उत्सव, आमोद-प्रमोद, भोग-विलास [to go on the ~], 3 *sl* व्यवसाय, काम-धंधा, पेशा, 4 *colloq* बेईमानी या धमकी से रुपया ऐंठने की योजना या षड्यन्त्र, ठगी का व्यवसाय, ठगी, धोखा, भगलबाज़ी, 5 अग्नि-परीक्षा, कड़ी आज़माइश, **to stand the ~** (i) आज़माइश में पूरा उतरना; (ii) किये का फल भुगतना; किसी काम का खर्चा चुकाना पड़ना; **~y** *a* आमोद-प्रमोदमय; to lead a ~y life आमोद-प्रमोद में व्यस्त रहना

racket^{3} *vi* to ~ **(about)** (i) शोर-गुल करना, ऊधम मचाना, (ii) रंगरलियां मनाना, गुलछर्रे उड़ाना

racketeer रैकि-टिअर *n* ठग-व्यापारी, ठग

rac(c)oon रकून *n* (रात को निकलने वाला) अमरीकी रीछ, रैकून

raconteur रैकोंन्टर *n* किस्से-कहानियां सुनाने वाला; किस्सा-गो

racy रेसि *a* 1 उच्च कोटि का, उत्तम, बढ़िया [~ flavour], 2 विशिष्ट गुणयुक्त (जिसके कारण औरों से भिन्न लगे), अपने उद्भवस्थान के गुणों से युक्त; ~ **of the soil** जिस (के आचार-विचार) में देहात की बू हो, 3 मज़ेदार, चटपटा, मनोरंजक [~ anecdote], 4 सजीव, जानदार, ओजस्वी [~ style], 5 (of, person) जोशीला, उत्साही, ज़िन्दा-दिल

radar रेडार *n* 1 रेडियो-तरंगें भेज कर विमान, जहाज़ आदि की विद्यमानता, दूरी और दिशा का पता लगाने की विधि (f. *ra*dio *d*etection *a*nd *r*anging); 2 इस में काम आने वाला उपकरण, रेडार; 3 ~ **trap** गति-सीमा से तेज जाने वाले वाहन का पता लगाने की रेडार-व्यवस्था, रेडार-जाल

raddle रैडल *n & vt* गेरू; *vt* 1 गेरू से रंगना, 2 (मुंह पर) सुर्ख़ी पोतना [~d face]

radial रेडिअल *a* 1 किरणों का, किरण-जैसा; 2 *geom* त्रिज्या का, त्रिज्यक, त्रिज्या की तरह, त्रिज्या-सदृश, 3 अरों की तरह [**~-roads**], अर-सदृश, अरीय, अर-युक्त, 4 *anat* भुजाग्र या प्रकोष्ठ की हड्डी का, बहि:प्रकोष्ठिका का [~ artery, vein, etc]

radian रेडिअन *n* (*math*) त्रिज्याकोण, रेडियन

radiance रेडिअन्स *n* चमक, कांति, दीप्ति, शोभा

radiant रेडिअन्ट *a* 1 किरण-रूप में प्रसारित, विकीर्ण, विकिरणी [~ heat]; किरणें छोड़ने वाला, प्रखर [~ sun], 2 चमकता हुआ, दीप्तिमान [~ eyes], 3 हर्षोत्फुल्ल, उल्लसित, निखरा हुआ [a face ~ with smiles]; 4 ~ beauty चकाचौंध करने वाला सौन्दर्य; 5 ~ **point** (i) किरणें निकलने का केन्द्र, विकिरण-केन्द्र, (ii) *astron* वह बिन्दु जहां से उल्काएं गिरती मालूम होती हैं, उल्कापात-केन्द्र

radiate^1 रेडिअट *a* 1 जिससे (सब तरफ़) किरणें निकल रही हों, किरणें छोड़ने वाला, विकिरणशील, 2 जिसके अवयव अरों की तरह विन्यस्त हों, अरीय

radiate^2 रेडिएट *vt* & *i* 1 *phys* किरणें छोड़ना, विकिरण करना; फैलाना, प्रसारित करना [to ~ heat, light, etc], (*fig*) to ~ joy, love etc हर्ष, प्रेम आदि का प्रसार करना, 2 (रेडियो से कार्यक्रम) प्रसारित करना, 3 *vi* विकिरण होना, किरण-रूप में प्रसारित होना, फैलना; *fig* निकलना, टपकना [joy ~s from her eyes], 4 (of lines) अरों की भांति (केन्द्र से) निकलना

radiation रेडि-एशन *n* 1 *phys* विकिरण, ~ **sickness** विकिरणशील तत्त्व की किरणों के प्रभाव से होने वाला रोग (मिचली, वमन आदि), विकिरण-रोग, 2 चमक, दीप्ति, 3 प्रसारण, प्रसार

radiator रेडिएटर *n* 1 *phys* विकिरक, 2 कमरा गरम करने का यन्त्र, तापयन्त्र, तापक, 3 (विमान या मोटरकार के) इंजन को ठंडा करने का यन्त्र; रेडियेटर

radical^1 रैडिकल *a* 1 जड़ या मूल का, 2 सहज, स्वाभाविक, 3 मूलभूत, आधारभूत, बुनियादी [~ principles of a system]; 4 बुनियादी, आमूल (-चूल) [~ change, ~ reform], 5 (of politician) आमूल परिवर्तन चाहने वाला, उग्र सुधारवादी; रैडिकल पार्टी का; उग्र; 6 *math* (संख्या के) मूल का; ~ sign करणी-चिन्ह (√), 7 *philol* धातु का (जिससे कोई शब्द व्युत्पन्न हुआ हो); धातु-संबंधी

radical^2 *n* 1 मौलिक सिद्धान्त, बुनियादी उसूल, 2 *math* मूल; करणी-चिन्ह, 3 *polit* उग्रवादी राजनीतिज्ञ; रैडिकल पार्टी का सदस्य

radicalism रैडिकलिज़म *n* उग्र सुधारवाद, आमूल-परिवर्तनवाद

radicle रैडिकल *n* 1 मूलांकुर, 2 छोटी जड़

radio रेडिओ *n* & *vt* & *i* 1 बेतार का तार, 2 प्रसारण, 3 रेडियो, आकाशवाणी (proper name of A.I.R.), 4 रेडियो(-सेट), *attrib* रेडियो या बेतार द्वारा भेजा गया [~ message, despatch]; 6 *comb*: ~ **car** रेडियो-सेट युक्त कार, ~ **photo** रेडियो फ़ोटो; **radio (tele)phone** रेडियोफ़ोन (जिसमें रेडियो-तरंगों द्वारा ध्वनि स्थानान्तर में पहुंचती है); ~**-telegram** रेडियो (द्वारा भेजा गया) तार, *vt* & *i* 1 प्रसारण करना, प्रसारित करना, 2 बेतार से (सन्देश) भेजना [to ~ a message]

radio- रेडिओ *comb form* of radius, 1 (*anat*) बहि:प्रकोष्ठिका, 2 (*phys*) (connected with rays or radiation) विकिरणी

radio-active रेडिओ-ऐक्टिव *a* (द्रुतगति से फैलने वाली) किरणें छोड़ने वाला, विकिरणशील, विघटनाभिक

radio-activity रेडिओ-ऐक्-टिविटि *n* (*phys*, *chem*) कुछ तत्त्वों (*e.g.* radium, thorium, etc) के परमाणुओं की नाभि (nucleus) में परिवर्तन होने पर अपने आप किरणें निकलने लगना, विकिरणशीलता, विघटनाभिकता

radio-cobalt *n* विकिरणशील कोबाल्ट (see cobalt)

radiogram रेडिओग्रैम *n* 1 ऐक्सरे-चित्र, 2 रेडियो-सन्देश, रेडियो-तार

radiologist रेडि-ऑल-जिस्ट *n* 1 एक्स-रे आदि किरणों का विज्ञानी, विकिरणविज्ञानी, 2 एक्स-रे-चिकित्सक, विकिरण-चिकित्सक

radiology रेडि-ऑल-जि *n* 1 विकिरणशील तत्त्वों की किरणों का (वि० चिकित्सा-संबंधी) विज्ञान, विकिरण-चिकित्साविज्ञान

radio-therapy रेडिओ-थेरपि *n* विकिरण-चिकित्सा, एक्स-रे चिकित्सा

radish रैडिश *n* मूली

radium रेडिअम *n* विकिरणशील धातु-विशेष, रेडियम; ~ **therapy** रेडियम (की किरणों से) चिकित्सा

radius रेडिअस *n* 1 भुजाग्र या प्रकोष्ठ की (छोटी और मोटी) हड्डी, वहि:प्रकोष्ठिका, 2 *math* त्रिज्या, व्यासार्ध, 3 अर, अरा, 4 किसी स्थान से नियत दूरी तक का वृत्ताकार क्षेत्र या प्रदेश, घेरा [He knows everybody within a ~ of 5 kilomiles]

raffia रैफ़िअ *n* 1 एक प्रकार का ताड़, 2 ताड़-पत्र का रेशा (जिससे टोकरियां, चटाइयां आदि बनती हैं)

raffish रैफ़िश *a* 1 दुराचारी, बदमाश, गुण्डा, 2 गुण्डों-जैसा [~ look]

raffle^1 रैफ़ल *n* & *vt* (धर्मार्थ धन एकत्र करने के लिए) लाटरी द्वारा विक्रय, लाटरी, *vt* लाटरी द्वारा (वस्तु) बेचना

raffle^2 *n* कूड़ा (-करकट), काठ-कबाड़, मलबा

raft राफ़्ट *n* 1 (लट्ठों, पीपों आदि का) बेड़ा, तरापा, 2 पेड़ों, बर्फ़ आदि का तिरता हुआ समूह, 3 foundation ~ शहतीरों या तख़्तों का फ़र्श; फ़र्शी नींव

rafter राफ़्टर *n* उन तिरछी कड़ियों में से एक जिनपर ढालुआं छत की स्लेटें या सिलें जड़ी जाती हैं, कड़ी, शहतीर

rag^1 रैग *n* 1 चिथड़ा, फटा-पुराना कपड़ा, 2

धज्जी, 3 टुकड़ा, खण्ड, लव, लेश [not a ~ of evidence]; 4 *comb*: ~**-bag** चिथड़े रखने का थैला; *fig* विविध वस्तुओं का संग्रह; ~**-bolt** काँटेदार काबला, ~ **paper** चिथड़ों का बना कागज़, चिथड़ा-कागज़; **the ragtag (and bobtail)** निम्नवर्ग (के लोग), कुली-कबाड़ी

rag^2 *vt* & *i* (-gg-, *pt* रैग्ड) & *n* (*sl*) 1 तंग करना, परेशान करना, छेड़-छाड़ करना, 2 किसी के कमरे की चीज़ों को उलट-पलट देना, 3 *vi* हो-हल्ला करना, शोर-गुल करना, ऊधम मचाना; *n* उच्छृङ्खल आचरण, हुल्लड़बाज़ी, उच्छृङ्खलतापूर्ण उत्सव

ragamuffin रैग-मफ़िन *n* 1 चिथड़े पहने हुए आदमी, गुदड़िया, 2 आवारा बच्चा

rage^1 रेज *n* 1 क्रोधावेश [**to fly into a** ~], भावावेश, 2 [of wind, disease, etc] ज़ोर, प्रचंडता, प्रकोप, 3 अदम्य इच्छा, अत्यधिक चाव, बेहद शौक, सनक [to have a ~ for sth], 4 (of thing) **to be (all) the** ~ (थोड़ी देर के लिए) बहुत रिवाज या फ़ैशन होना [Remote control is all the ~]

rage^2 *vi* 1 बहुत गुस्से होना, गुस्से में बड़बड़ाना, गरजना [to ~ **at, against**, s.o.]; 2 (of wind, battle, feeling] ज़ोरों पर होना, प्रचण्ड होना, (अबाध गति से) फैलता जाना, (of disease) उग्र रूप धारण करना, प्रकोप होना

ragged रैगिड *a* 1 फटा हुआ, जीर्ण-शीर्ण, फटा-पुराना, उधड़ा हुआ, तार-तार [a ~ coat]; 2 (of person) चिथड़े पहने हुए, फटीचर; 3 [of rock etc] खुरदरा, कटा-फटा, दाँतेदार, (of cloud) टुकड़े-टुकड़े हुआ हुआ, 4 जिस (की रचना) में सफ़ाई न हो, अपरिष्कृत [~ rhymes]

ragout F रैगू *n* सब्ज़ी के साथ पकाया हुआ मसालेदार कीमा

raid रेड *n* & *vi* & *t* 1 (सेना या विमानों का) अचानक हमला, धावा, (संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ने या अवैध माल बरामद करने के लिए पुलिस का) छापा [a ~ **on** a place], 2 **air-raid** हवाई हमला, *vi* & *t* 1 धावा करना, पर छापा मारना, पर हवाई हमला करना [to ~ a place], 2 लूटना, लूट-पाट करना [to ~ the orchards]; **raider** रेडर *n* धावा करने वाला, छापामार, आक्रमणकारी; लूट-मार करने वाला, लुटेरा

rail^1 रेल *n* 1 (जंगले या कटहरे के ऊपर की लोहे या लकड़ी की) पट्टी, छड़, डंडा, 2 (किवाड़ की) आड़ी लर, 3 जंगला, कटहरा 4 (रेल की) पटरी; to leave the ~s पटरी से उतरना; **off the** ~**s** (*fig*) गड़बड़, बिगड़ा हुआ, ठीक काम न करने वाला; *colloq* सनकी, पागल, 5 ~ **car** रेल का स्वत:चालित डिब्बा, रेल-कार; **railhead** (i) वह स्थान जहां तक नई रेलवे लाइन बन चुकी हो, रेलवे लाइन का सिरा, रेल-शीर्ष, (ii) वह स्टेशन जहां से आगे माल लारियों में ढोया जाता है

rail^2 *vt* 1 जंगला लगाना, (जंगले से जगह) घेरना [to ~ **off, in**], 2 रेल से (माल) भेजना; ~**ing** *n* जंगला

rail^3 *vi* 1 निन्दा करना, गाली देना, बुरा-भला कहना [to ~ **at, against**, s.o.], **2 to** ~ **at** fate भाग्य को कोसना; ~**ing** *n* आक्रोश

raillery रेल-रि *n* (f. rail^3) मज़ाक़, फबती, उपहास, परिहास, ठठोली, चुहल(-बाज़ी)

railroad *n* (U.S.) = railway

railway रेल्वे *n* 1 रेल की पटरी (also ~ line), 2 रेलवे, रेल-व्यवस्था, रेल-विभाग, 3 R~ system रेलवे तथा उसकी शाखाएं-प्रशाखाएं, रेलों का जाल; रेल-तंत्र; R~ Mail Service (R.M.S.) रेल-डाकव्यवस्था या सेवा; ~**man** रेल-कर्मचारी, ~**-yard** वह अहाता जहां इंजन तथा गाड़ियों के डिब्बे खड़े रहते हैं और जहां से ट्रेनें बनकर निकलती हैं, रेलवे यार्ड

raiment रेमन्ट *n* (*arch* or *liter*) वस्त्र, पोशाक, लिबास, परिधान

rain^1 रेन 1 वर्षा, वृष्टि, मेंह, बारिश, **rain or shine** वर्षा हो या न हो (हर हालत में), 2 बौछार, भरमार, 3 **the** ~**s** वर्षा ऋतु, बरसात, 4 *comb*: ~**-cloud** बरसाती बादल, वर्षा-मेघ, ~**coat** बरसाती, ~**drop** वर्षा की बूंद, **rainfall** (i) झड़ी, (ii) (वर्ष भर की) वर्षा की मात्रा; **rain-gauge** वर्षामापी; ~**-proof** जिसमें वर्षा का पानी न घुस सके, पानी-रोक; ~**-worm** केंचुआ

rain^2 *vi* & *t* 1 वर्षा होना, पानी पड़ना [it ~s, it is ~ing]; **it** ~**s cats and dogs** (see cat); **it never** ~**s but it pours** प्राय: बहुत-सी घटनाएं एक साथ (घटित) होती हैं; खुशियां, मुसीबतें, कभी अकेली नहीं आतीं; 2 *vt* बरसाना, बौछार करना [to ~ blows, benefits, on s.o.]

rainbow रेन्बो *n* & *a* इन्द्रधनुष; *a* इन्द्रधनुषी, बहुरंगा

rainy रेनि *a* वर्षा का, बरसात का, बरसाती [~ day, season, weather]; ~ **day** (*fig.*) तंगी का समय; **to put by** *or* **save sth,for, against, a** ~ **day** तंगी के समय के लिए कुछ बचा रखना

raise^1 रेज़ *vt* 1 उठाना, (सीधा) खड़ा करना, ऊंचा करना [to ~ one's head], **to** ~ one's eyes आँख उठाना, नज़र ऊँची करना, **to** ~ **one's eyebrows** (*fig*) भौंह या त्योरी चढ़ाना, घृणा या नापसन्दगी व्यक्त करना; **2 to** ~ **the** standard **of revolt** विद्रोह का झंडा खड़ा करना, 3 पुनर्जीवित करना [**to** ~ **s.o. from the dead**], 4 उभाड़ना, उकसाना, सचेत करना [to ~ the people (against the enemy)]; 5 बनाना, निर्माण करना, खड़ा करना [to ~ a palace, statue, etc], 6 पालन-पोषण करना [to ~ a family], पालना [to ~ cattle]; 7 उगाना [to ~ wheat, vegetables, etc]; **8** बढ़ाना [to

~ the price]; 9 (किसी की) पदोन्नति करना, 10 (लोगों से) रुपया एकत्र करना [to ~ money, funds]; 11 (*of Govt.*) **to ~ a loan** कर्ज़ा जारी करना; 12 **to ~ one's voice** (i) आवाज़ ऊंची करना; (ii) No one raised his voice किसी ने मुंह से शब्द तक नहीं निकाला; 13 **to ~ an objection** एतराज़ उठाना; **to ~ a laugh** हँसा देना; **to ~ a dust** (*fig*) हंगामा करना; सचाई को छिपाना, 14 **to ~ an alarm** (ख़तरा देखकर) शोर मचाना, 15 to ~ an army सेना एकत्र करना; 16 **to ~ a siege** (i) घेरा उठा या हटा लेना, (ii) घेरा उठवा या हटवा देना, 17 to ~ a spirit भूत बुलाना; **to ~ Cain; to ~ the devil; to ~ the hell** (*fig*) हंगामा करना, आफ़त मचाना, शोर-गुल करना, 18 **to ~ s.o.'s spirits** उत्साह बढ़ाना, 19 **to ~ oneself by one's own bootstraps** बिना किसी की सहायता के ऊपर उठना या उन्नति करना, अपनी ही कोशिश से उन्नति करना

raise^{2} *n* वेतन-वृद्धि

raisin रेज़न *n* किशमिश

raison d'être F रेज़ों देॅत्र *n* (किसी बात या वस्तु का) उद्देश्य एवं औचित्य; प्रयोजन, कारण

rake^{1} रेक *n* सूखी घास बटोरने आदि का उपकरण जिसमें डंडे के आगे कंघा-सा लगा रहता है, पांचा, जेली

rake^{2} *vt* & *i* 1 (पांचे से) बटोरना, इकट्ठा करना [to ~ the hay, leaves, etc], 2 (सतह को) कुरेदना, खुरचना, 3 कुरेद कर निकालना; to ~ **out the fire** (राख को कुरेद कर) सुलगते हुए कोयले निकालना, to ~ **over** *or* **up** (पुरानी अप्रिय बात या घटना की) याद ताज़ा करना [to rake up old quarrels, grievances, etc]; **to ~ up the past** गड़े मुर्दे उखाड़ना. 4 (=enfilade) गोलों या गोलियों की बौछार करना [to ~ a ship, the enemy]; 5 *vi* खोजना, ढूंढना [I have been ~ing **among, in,** old records]

rake^{3} *n* लम्पट, विलासी, व्यभिचारी

rake^{4} *vi* & *n* (of masts, etc) पिछवाड़े की ओर झुकना या झुका हुआ होना, झुकाव (की मात्रा), ढाल; **raking** *a* (of masts) पिछवाड़े की ओर झुका हुआ

rakish रेकिश *a* (f. rake^{3}) 1 लम्पट, विलासी; 2 ~ appearance गुंडों-जैसी शक्ल-सूरत; **~-ness** *n* लंपटता, विषयासक्ति; व्यभिचार

rally^{1} रैलि *n* 1 जमाव, जमघट, (दल का) विराट् समागम, जलसा, रैली, 2 मोटर-दौड़ प्रतियोगिता, 3 *sports* मैच जीतने की आख़िरी कोशिश, 4 फिर ताकत आ जाना, पुन: स्वास्थ्यलाभ, 5 (कीमतों का) गिरने के बाद फिर पहले स्तर पर आना

rally^{2} *vt* & *i* 1 (वि० भगदड़ के बाद सेना को) फिर इकट्ठा करना, इकट्ठा होना; फिर जमा करना [He rallied his party], 2 *vi* जमा होना, मदद को आना [His partisans rallied **round** him], 3 *vt* to ~ one's strength etc फिर ताकत आना; 4 *vi* घबराहट या भय दूर होना, संभल जाना, साहस बंधना, पुन: स्वस्थ होना, 5 (of share-prices etc) गिरने के बाद फिर बढ़ने लगना

rally^{3} *vt* उपहास करना

ram^{1} रैम *n* 1 भेड़ा, मेढ़ा, दुम्बा, 2 (*astron*) **R~** मेष(-राशि), 3 दुरमुस, दुरमुठ, मूसल, मूसली

ram^{2} *vt* 1 (दुरमुस से रोड़ी आदि को) कूट-पीट कर बैठाना, *abs.* दुरमुस चलाना, 2 ठोंकना, ठोंक-ठोंक कर गाड़ना, 3 (बारूद) भरना [to ~ the charge home *or* into a gun], 4 ठूंस-ठूंस कर भरना [~med his clothes into the suitcase]; 5 **to ~ sth down s.o.'s throat** बार-बार दुहरा कर समझाना या सिखाना, **to ~ the argument home** दलील पर पर्याप्त बल देना, 6 टक्कर मारना, पटक देना [**to ~ sth at, against, into, sth**]; **~mer** रैमर *n* दुरमुस, दुरमुठ; **~ming** *n* कुटाई

Ramadan रैम-डान *n* रमज़ान का महीना (जिसमें मुसलमान दिन भर रोज़े रखते हैं)

ramble रैम्बल *vi* & *n* 1 मनोविनोद के लिए बिना नियत मार्ग के घूमना-फिरना, मटरगश्त करना, स्वैर-विहार करना, 2 *fig* बे-सिरपैर की बातें करना, असंबद्ध भाषण करना, अंड-बंड बोलना, *n* 1 मटरगश्त, स्वैर-विहार, 2 *fig* असम्बद्ध बातचीत या भाषण या लेख

rambler रैम्बलर *n* 1 मटरगश्त करने वाला, 2 दीवार पर चढ़ने वाली गुलाब की बेल

rambling *a* 1 मटरगश्त करने वाला, 2 (of discourse etc) असंबद्ध, क्रमरहित, बेसिर-पैर का, 3 (of plant) फैलने वाला, दीवार पर चढ़ने वाला, 4 (of house, street) टेढ़ा-मेढ़ा, जिसमें अनेक कोने या मोड़ हों

ramification रैमि-फ़ि-केशन *n* 1 (see foll); 2 शाखाएं, उपशाखाएं [~s of a river, society, plot, etc], 3 शाखाओं का विन्यास, शाखा-विन्यास

ramify रैमिफ़ाइ *vi* & *t* (usu in *pass.*), 1 शाखाएं फूटना या निकलना, 2 शाखाओं में विभक्त होना

ramose रैमोस *a* शाखामय, शाखान्वित

ramp^{1} रैम्प *n* 1 भूमि के दो स्तरों को मिलाने वाला ढालुआं भाग (जैसा कि पुल के दोनों तरफ़ होता है), ढाल, ढलान, रपटा; 2 (विमान पर चढ़ने की) चल-सीढ़ी, ज़ीना (also **boarding ~**); 3 (सीढ़ियों के जंगले की पट्टी की) चढ़ाई

ramp^{2} *vi* 1 (chiefly of lion) अगले पंजे ऊंचे करके पिछले पैरों पर खड़ा होना; 2 (of person) डराने-धमकाने की मुद्रा बनाना, बहुत क्रुद्ध होना, गरजना [to ~ about]

ramp^{3} *n* & *vi* & *t* (*sl*) धोखा, ठगी, धोखे से रुपया एंठना; *vi* ठगी करना, वि० बहुत ज्यादा कीमत या शुल्क लगाना, *vt* ठगना [to ~ s.o.]

rampage रैम्पेज *n* & *vi* ऊधम, उपद्रव, **to be** *or* **go on the ~** ऊधम मचाना, *vi* पागलों की तरह आचरण करना, ऊधम मचाना; **rampageous** रंम्पेजस *n* 1 उन्मत्त, पागल, अत्यन्त क्रुद्ध, आपे से बाहर, 2 ऊधमी, उपद्रवी

rampancy रैम्पन्सि *n* व्यापकता (see foll)

rampant रैम्पन्ट *a* 1 अनियन्त्रित [~ violence], निरंकुश, उद्दण्ड, प्रचण्ड, दुर्दान्त, उग्र [~ theorist], 2 बहुत फैला हुआ, प्राय: सर्वत्र विद्यमान, व्यापक [Bribery is ~]; 3 (of plant) घना, सघन, फैला हुआ (cucumbers are ~ in this plot]

rampart रैम्पार्ट *n* & *vt* 1 रक्षा के लिए बनाई हुई (प्राय: मुंडेरदार) मोटी दीवार, परकोटा, प्राचीर, प्राकार, 2 *fig* रक्षा का प्रबंध, बचाव का साधन; *vt* प्राकार या प्राचीर बनाना, प्राचीर बनाकर (स्थान को) सुरक्षित करना

ramshackle रैम्शैकल *a* 1 टूटा-फूटा, जर्जर, [~ house, furniture], 2 हिलता-डोलता, डगमग, डांवां-डोल [~ vehicle]

ramson रैम्सन *n* (चौड़े पत्तों वाला) लहसुन

ranch रान्च *n* & *vi* (वि० अमरीका और कैनेडा में) पशु संवर्धनकेन्द्र, पशु-फ़ार्म; *vi* पशु-फ़ार्म का धंधा करना, **~er** पशुफ़ार्म का मालिक

rancid रैन्सिड *a* बदबूदार और खट्टा, बासी, बुसा हुआ [~ butter]; **~ity**, **~ness** *nn* बदबू और खटास, बासीपन

rancorous रैङ्करस *a* (f. foll) द्वेष करने वाला, विद्वेषी; द्वेषपूर्ण, घृणापूर्ण

rancour रैङ्कर *n* हानि पहुंचाने की भावना, घोर द्वेष, कीना

rand रैन्ड *n* (जूते में रखने का) पातावा

random रैन्डम *n* & *a* 1 **at random** बिना क्रम के, बेतरतीब, बिना निशाना बांधे, अंधाधुंध [to hit at ~]; **to speak at ~** बिना क्रम के बोलना; 2 *a* बिना निशाने बांधे [a ~ shot], क्रमरहित, बे सोचा-समझा, अटकलपच्चू, यादृच्छिक [~ selection]

randy रैन्डि *a* 1 (Sc.) बहुत शोर मचाने वाला, जोशभरा, फुर्तीला, 2 विषयी, कामी, कामातुर, संभोगेच्छुक

range^{1} रेन्ज *n* 1 पंक्ति, कतार [~ of buildings]; (i) माला, श्रेणी, सिलसिला, (ii) पर्वतमाला (also **mountain-~**); 2 (वस्तु के स्थित या फैली होने की) दिशा [the ~ of the strata is east and west], 3 चरागाह, चरनी, शिकारगाह; 4 चांदमारी (also **shooting-~**); 5 क्षेत्र, इलाका, दायरा, सीमा, हद, विस्तार [~ of action, knowledge, vision, etc]; दो सीमाओं के बीच का समस्त क्षेत्र या विस्तार; (न्यूनतम और अधिकतम) दोनों सीमाएं [~ of the barometer; ~ of speeds]; 6 (of gun) मार करने की दूरी, फ़ासला, पहुंच, मार; **within ~** मार के भीतर; 7 (also cooking-~) अंग्रेजी चूल्हा (जिसके साथ प्राय: पकाने के कुछ उपकरण भी रहते हैं), 8 **range-finder** लक्ष्य की दूरी का अनुमान करने का उपकरण, दूरीमापी, परासमापी, (बन्दूक की) मक्खी

range^{2} *vt* & *i* 1 पंक्ति में रखना या खड़ा करना; The Kauravas and the Pandávas ranged their troops सेनाओं का विन्यास किया; व्यूह बना लिया; 2 क्रम से रखना; तरतीब देना; 3 (usu in *pass* or *refl*) किसी का साथ देना, किसी के पक्ष में होना [to ~ oneself **with** s.o.]; **to be** ranged **against** s.o. किसी के विरोध में (खड़ा) होना; 4 सीध बांधना [to ~ a telescope]; *abs.* निशाना बांधना, 5 *vi* दिशा-विशेष में स्थित या फैला होना [ranges east and west], 6 एक स्थान से दूसरे स्थान तक फैला होना; दो सीमाओं के बीच होना [The temperature ~s **from** 30 to 45 degrees], 7 घूमना-फिरना, विचरना, गश्त लगाना [to ~ **over** the country], 8 सीध में होना [This house ~s **with** the next one]; 9 बराबर या समकक्ष होना [Bhavabhuti, Keats, ~s **with** the great poets], 10 (of gun) अमुक दूरी तक पहुंच या मार होना, अमुक दूरी तक गोला फेंकना [These guns ~ over two miles]

ranger रेन्जर *n* वन का रखवाला, वनपाल

rank^{1} रैङ्क *n* 1 पंक्ति या कतार (जिसमें सैनिक या लोग एक-दूसरे के साथ-साथ, न कि आगे-पीछे, खड़े हों; cf. file), **to keep ~** कतार में रहना, **to break ~** कतार तोड़ना, front ~ अगली कतार, rear ~ पिछली कतार; **to close the ~s** पास-पास आना या लाना; *fig* संगठित हो जाना, 2 **the ranks** (*or* **the rank and file**) साधारण सैनिक; साधारण जन; 3 **other ~s** कमिशन प्राप्त अफ़सरों को छोड़ दूसरे सैनिक, (साधारण) सैनिक; **to rise from the ~s** (i) साधारण सैनिक का कमिशन-अफ़सर बनना; (ii) साधारण व्यक्ति का परिश्रम द्वारा प्रतिष्ठित पद प्राप्त करना; 4 पद, पदवी, दर्जा, ओहदा; people of all ranks and classes हर दर्जे और वर्ग के लोग; **persons of ~** अभिजात वर्ग के लोग; **~ and fashion** उच्च वर्ग

rank^{2} *vt* & *i* 1 (वि० सैनिकों को) पंक्तिबद्ध करना, कतार में लगाना, 2 दर्जा देना, (अमुक कोटि का) समझना, मानना, गिनना [to ~ s.o. **among** the great writers]; 3 *vi* पद या दर्जा पाना, (अमुक वर्ग या कोटि का) होना या समझा जाना [He ~s **among** the great poets]

rank^{3} *a* 1 (of plant) बहुत पत्तों वाला, घना उगने वाला; खर-पतवार से भरा हुआ [land too ~ for growing corn]; 2 घना, सघन, भरपूर

[~ vegetation], 3 बदबूदार, दुर्गन्धयुक्त, बदबूदार और खट्टा, बासी, 4 घृणित, भ्रष्ट, अश्लील, 5 घोर, उग्र, प्रचण्ड, तीव्र; सरासर, नितान्त, कट्टर; ~ injustice घोर अन्याय; ~ duffer सरासर बुद्धू; ~ communalist कट्टर संप्रदायवादी

ranker रैङ्कर *n* (सैनिक अफ़सर) जो पहले साधारण सैनिक रह चुका हो

rankle रैङ्कल *vi* (of disappointment or its cause) कष्ट देना, पीड़ा देना, चुभना, कसकना, खटकना [This defeat ~s in my mind]; **rankling** *a* पीड़ादायक, चुभने वाला, खटकने वाला

ransack रैन्सैक *vt* 1 (स्थान, जेब आदि की) तलाशी लेना, कोना-कोना देखना, छान डालना, छान मारना, अच्छी तरह टटोलना, खोजना [to ~ an almirah, a drawer; to ~ one's memory, conscience, etc], 2 (मकान, देश आदि) लूटना, तबाह या बरबाद करना, लूट-मार करना

ransom[1] रैन्सम *n* 1 बन्दी को छुड़ाने के लिए दिया जाने वाला धन, मुक्तिधन, फिरौती [to pay ~]; **to hold s.o. to ransom** रुपया ऐंठने के लिए किसी को पकड़ रखना; किसी को छोड़ने के लिए रुपया मांगना; *fig* हानि पहुंचाने की धमकी दे कर रियायतें मांगना; 2 (रुपया देने पर) बन्दी की मुक्ति, बन्धनमुक्ति, 3 **worth a king's** ~ बहुत कीमती, बहुमूल्य

ransom[2] *vt* 1 रुपया देकर (किसी को) छुड़ाना, 2 फिरौती मांगना या लेना, फिरौती लेकर छोड़ना [The hostages have been ~ed], 3 (पाप का) प्रायश्चित्त करना

rant रैन्ट *n* & *vi* निरर्थक किन्तु धुआंधार भाषण, आडम्बरपूर्ण वक्तृता, कोरा शब्दाडम्बर, बकझक, *vi* बहुत ऊंचे स्वर में पढ़ना या गाना; गला फाड़ना, भाषण झाड़ना; **~er** भाषण झाड़ने वाला

ranunculus र-नन्क्युलस *n* (*pl* **-luses, -li**) फूलदार पौधों की जाति-विशेष

rap[1] रैप *n* 1 हल्की चोट, टकोर; **to give s.o. a ~ on** *or* **over the kunckles** (*colloq*) डांटना-डपटना, फटकारना; **to take the** ~ (किये का) फल भुगतना 2 खट-खट, ठक-ठक, दस्तक [a ~ at the door]

rap[2] *vt* & *i* (-pp-), 1 चोट मारना, to ~ s.o. over the knuckles (see knuckle), 2 **to ~ sth out** एकाएक कह देना, कह डालना [to ~ out an oath etc], 3 खट-खटाना [to ~ at the door]; ठक-ठक या खट-खट करना [to ~ at the table]

rap[3] *n* लव, लेश, रत्तीभर [I don't care a ~]

rapacious र-पेशस *a* 1 लूटने वाला, छीनने वाला, मूंडने वाला, 2 अति लोभी, लोलुप, 3 (of animal) हिंस्र, खूंखार, शिकारी; **~ness, rapacity** रपैसिटि *nn* लोलुपता

rape[1] रेप *n* & *vt* 1 (*poet*) अपहरण [the ~ of Europa], 2 (नारी के साथ) बलात्कार, 3 (*fig*, of a country, institution, etc) लूट, लूट-खसोट; हस्तक्षेप [the ~ of Austria]; *vt* 1 अपहरण करना, 2 बलात्कार करना, सतीत्वभंग करना

rape[2] *n* तोरिया; **~-cake** तोरिये की खली; **~-oil** तोरिये का तेल; **rape-seed** तोरिये का बीज

rapid रैपिड *a* & *n* 1 तेज़, तीव्र, द्रुत, शीघ्रगामी, 2 शीघ्र या झटपट होने वाला, 3 (of slope) जिसमें एकाएक उतार हो, खड़ा, तीव्र, *n* (usu in *pl*) नदी-तल की तीव्र ढाल (जहां प्रवाह तेज़ होता है); **~ity** र-पिडिटि, **~ness** रैपिड्निस *nn* तेज़ी, तीव्रता, तीव्र या द्रुत गति, शीघ्रता, जल्दी; **~ly** *adv* तेज़ी से, शीघ्र, जल्दी-जल्दी, सरपट, झटपट

rapier रैपिअर *n* (केवल भोंकने के काम आने वाली) छोटी तलवार, कटार, कटारी; **~-thrust** (*fig*) मज़ेदार प्रत्युत्तर

rapine रैपाइन *n* (*rhet*) डाका, डकैती, लूट, लूटपाट, लूट-मार

rapist रेपिस्ट *n* (f. rape[1]) बलात्कार करने वाला, बलात्कारी

rapport F र-पॉर *n* 1 मेल-जोल, सौहार्दपूर्ण संपर्क या संबंध [to be **in** ~ **with** s.o.], घनिष्ठता

rapprochement F रै-प्रॉश्मां *n* (वि० दो राष्ट्रों के बीच) पुन: मैत्री-स्थापना, फिर से मेल-मिलाप

rapscallion रैप्स्-कैल्यन *n* (*joc*) बदमाश, पाजी, दुष्ट, शठ

rapt रैप्ट *pp.* & *a* 1 आनन्दविभोर, उल्लसित, [rapt by s.o.], 2 मग्न, तल्लीन, डूबा हुआ, **~ in** contemplation ध्यानमग्न, ध्यानावस्थित; ~ in a book पुस्तक पढ़ने में मग्न, 3 एकाग्र [to listen with ~ attention]

raptor रैप्टर *n* शिकारी पक्षी (see foll)

raptores रैप्टोरीज़ *n* शिकारी पक्षियों की जाति-विशेष

raptorial रैप्टॉरिअल *n* & *a* (*zool*) शिकारी जाति का पक्षी (*e.g.* eagle, falcon, owl, etc), *a* शिकारी (पक्षी अथवा पशु)

rapture रैप्चर *n* बेहद खुशी, आनन्दातिरेक, हर्षोल्लास, **to be in** *or* **go into ~s over, about, sth** किसी बात से आनन्दविह्वल हो उठना

rapturous रैप्चरस *a* (of act) आनन्दविभोर होकर किया हुआ, सोल्लास [~ applause]

rara avis रेअर: एविस *n* असाधारण या दुर्लभ वस्तु, विरला व्यक्ति

rare रेअर *a* 1 जो घना न हो, पतला, क्षीण, विरल [~ atmosphere], 2 विरला, बहुत कम मिलने वाला, दुर्लभ [a ~ occurrence, thing, etc], 3 बढ़िया, उत्कृष्ट, असाधारण [a ~

delight]; **rare earth** (*chem*) (lanthanum आदि किसी धातु से युक्त) दुर्लभ मृदा; ~**ly** विरले ही, बहुत कम; ~**ness** 1 विरलता, सूक्ष्मता, क्षीणता; 2 दुर्लभता

raree-show रॅअरी-शो *n* चलता-फिरता तमाशा, मैरवीन

rarefaction, रॅअरि-फ़ैक्शन, **rarefication** -फ़िकेशन *nn* 1 विरल होना या करना, विरलीभवन, विरलीकरण, 2 विरलता, सूक्ष्मता, क्षीणता

rarefactive रॅअरि-फ़ैक्टिव *a* विरल करने वाला, विरलकारी

rarefy रॅअरिफ़ाई *vt* 1 (वि० गैस की) सघनता कम करना, पतला या विरल या क्षीण करना [to ~ the air], 2 शुद्ध करना, परिष्कृत करना [to ~ s.o.'s nature etc], 3 (भाव या विचार को) सूक्ष्म बनाना

rarity रॅअ-रिटि *n* 1 & 2=rareness 1, 2; 3 दुर्लभ वस्तु, (दुर्लभ होने के कारण) बहुमूल्य वस्तु

rascal रास्कल *n* & *a* 1 बदमाश, पाजी, शठ, धूर्त, 2 *a* (*arch*) निम्न वर्ग का, the ~ rout निम्नवर्ग के लोगों की टोली या भीड़; कुली-कबाड़ी, जन-साधारण, ~**ity** रैस्कैलिटि *n* बदमाशी, पाजीपन, धूर्तता; ~**ly**, 1 *a* बदमाश, पाजीं, शठ, धूर्त [These rascally servants!], 2 धूर्ततापूर्ण, शरारतभरा [a ~ly trick]

rase *vt* =raze

rash^1 *n* 1 ददोरा, लाल चकत्ता; 2 (*fig*) a ~ of strikes etc आकस्मिक हड़तालों का सिलसिला

rash^2 *a* 1 बे सोचे-समझे काम करने वाला, अविमृश्यकारी, जल्दबाज़, उतावला, 2 बेधड़क, दुस्साहसी, 3 बे सोचा-समझा, जल्दबाज़ी का [~ words, act]; अंधाधुंध [~ driving], ~**ly** *adv* 1 बे सोचे-समझे, 2 अन्धाधुन्ध; ~**ness** *n* 1 अविमृश्यकारिता, 2 दुस्साहस, 3 जल्दबाज़ी, असावधानी

rasp^1 रास्प *n* & *vt* & *i* 1 मोटी रेती, 2 रेती की रगड़, 3 कर्कश ध्वनि; 1 *vt* रगड़ना, रेतना, 2 अप्रिय या बुरा लगना, अखरना, 3 *vi* कर्कश ध्वनि करना; ~**ing** कर्णकटु, कर्कश

raspberry राज़्बरि *n* रसभरी, मकोय, ~**-cane** रसभरी का पौधा

rat^1 रैट *n* 1 चूहा, मूषक; **to smell a rat** कुछ गड़बड़ या अन्याय का सन्देह या आशङ्का होना, दाल में कुछ काला होना; **Rats!** (*sl*) असंभव! यह नहीं हो सकता!, 2 *polit* कठिनाई में दल का साथ छोड़ देने वाला व्यक्ति, 'पक्ष-त्यागी, दलत्यागी, दल-बदलू, विश्वासघातक, दग़ाबाज़, 3 हड़ताल में शामिल न होने वाला तथा हड़तालियों को जगह पर काम करने वाला मज़दूर, हड़ताल तोड़ने वाला, 4 *comb*: ~**-catcher** चूहे पकड़ने वाला, चूहेमार, ~**-poison**; (*also* ratsbane) चूहे मारने का ज़हर; **rat race** घोर प्रतियोगिता, होड़ा-होड़ी, चढ़ा-ऊपरी; (पद पर बनें रहने के लिए) घोर संघर्ष

rat^2 *vi* (-tt-) 1 अपने दल का साथ छोड़ना, पक्षत्याग करना, ग़द्दारी करना; 2 to ~ **on** s.o., का साथ छोड़ना; 3 वादा तोड़ना

ratability *n* (see foll) करयोग्यता

ratable, rateable रेट-बल *a* जिस पर नगरपालिका कर लगा सके, कर-योग्य

ratafia रैट-फ़ीअ *n* 1 (बादाम, अख़रोट आदि की गिरी से) सुवासित शराब, 2 (इसी तरह) सुवासित बिस्कुट

rataplan रैट-प्लैन *n* & *vt* & *i* (-nn-) ढोल बजने का (-सा) शब्द, ढमढम, (*vt*) (ढोल आदि) बजाना; ढमढम करना

ratch रैच *n* 1=ratchet, 2=rachet-wheel (see foll)

ratchet रैचिट *nn* छड़ या पहिये पर बने ऐसे दाँते जिनपर खटका लगने से छड़ या पहिये की गति एक ही दिशा में हो सकती है; ~**(-wheel)** (एक ही दिशा में घूमने वाला) दाँतेदार पहिया, गरारी

rate^1 रेट *n* 1 (दो प्रकार के समुदायों का परस्पर) अनुपात, दर; the death-~ is 19 per thousand मृत्यु-दर 19 प्रति सहस्र है; 2 दर, मूल्य, भाव, हिसाब [at the ~ of Re. 1 per hundred]; **bank rate** (हुंडी भुनाने की) बैंक-दर; **at that** *or* **this ~** (*colloq*) इस हिसाब से, यदि ऐसी ही बात है, यदि ऐसी स्थिति बनी रही; **at any rate** हर सूरत में, हर हालत में, बहर हाल, कम से कम; 3 मूल्यांकन, अनुमान [to value sth at a low ~], 4 गति, रफ़्तार [Population is increasing at a fearful ~], 5 (नगरपालिका द्वारा लगाया गया) कर, टैक्स; ~**payer** (पौर-)करदाता, 6 श्रेणी, वर्ग, कोटि, दर्जा (*arch except in the following*) **first-~** बहुत बढ़िया, अव्वल दर्जे का; **third-~** घटिया, निम्न कोटि का

rate^2 *vt* & *i* 1 मूल्यांकन करना, मोल लगाना, to ~ sth high बहुमूल्य समझना, बहुत क़द्र करना, 2 समझना, गिनना, मानना [I ~ him among my benefactors], 3 *naut* वर्ग-विशेष में रखना [He is ~d as midshipman], 4 नगरपालिका द्वारा (व्यक्ति पर) कर लगाना [to ~ s.o. at a certain sum]; कर निर्धारित करने के लिए (जायदाद का) मूल्य लगाना [Houses are ~d at a sum smaller than the rent]; 5 *vi* to ~ **as** के वर्ग में आना, समझा जाना; ~**d** *a* निर्धारित [~d capacity]

rate^3 *vt* डाँटना, डपटना, झिड़कना, फटकारना

rate^4 *vt* & *i* (see ret)

rateable *a* (=ratable), ~ **value** कर लगाने की दृष्टि से (मकान आदि का) मूल्य, कर-योग्य मूल्य (see rate^2, 4)

ratel रेटल *n* एक छोटा जंगली जानवर, बिज्जू

rather रादर *adv* 1 यों कहना ज्यादा ठीक होगा कि, बल्कि [Late last night, or ~, early this morning], 2 (*indicating preference*) यह ज्यादा अच्छा होगा कि; I would **much ~ go** मैं जाना ज्यादा पसन्द करता हूं; **I had ~** suffer than tell a lie मैं झूठ बोलने की अपेक्षा कष्ट भोगना अच्छा समझता हूं, 3 कुछ-कुछ, कुछ हद तक [The play was ~ a flop], 4 (*colloq*, in answers) हां, निस्सन्देह, निश्चय ही [Do you know him? —Rather!]

ratification रैटि-फ़ि-केशन *n* पुष्टीकरण, पुष्टि, अनुसमर्थन, तसदीक [~ of a treaty etc]

ratify रैटिफ़ाइ *vt* (अपने प्रतिनिधि द्वारा किये गये समझौते की) पुष्टि करना, अनुसमर्थन करना, तसदीक करना [to ~ a contract, treaty, etc]

rating^1 रेटिङ्ग *n* (*naut*) 1 (नाविक का) दर्जा, वर्ग, श्रेणी, 2 साधारण नाविक; 3 **the ~s** नाविकगण; (*Radio, television*), श्रोताओं या दर्शकों की अनुमानित संख्या (जिससे किसी कार्यक्रम की लोकप्रियता का पता चलता है)

rating^2 *n* (f. **rate^3**) डांट-डपट, फटकार, झिड़की, भर्त्सना

ratio रेशिओ *n* अनुपात, in the ~ of one to five एक और पाँच के अनुपात में (1:5)

ratiocinate रैशिओसिनेट *vi* (विधिपूर्वक) तर्क करना, न्याय-युक्तियों द्वारा तर्क करना; **ratiocination** *n* विधिपूर्वक तर्क, न्याययुक्तियों का प्रयोग; तर्कना, **ratiocinative** रैशि-ओं-सिनटिव *a* तर्क का, तर्क-संबंधी, तर्कात्मक

ration^1 रैशन *n* 1 व्यक्ति के लिए रसद की नियत मात्रा, राशन; (in *pl*) रसद, 2 ~ card राशन कार्ड; 3 **is given out with the ~s** (*sl*) योग्यता या अर्हता का ख़्याल किये बिना दिया जाता है

ration^2 *vt* 1 (किसी को) नियत मात्रा में (रसद) देना [to ~ the civic population], 2 का राशन करना [to ~ sugar, kerosene, etc]; **~ing** *n* राशन-व्यवस्था

rational रैश्नल *a* 1 बुद्धियुक्त, विवेकसम्पन्न, विवेकशील, विचारशील [Man is a ~ animal], 2 समझदार, बुद्धिमान्, विचारवान्, 3 समझदारी का, तर्कसंगत, बुद्धिसम्मत [~ belief], 4 *math* परिमेय

rationale रैश-नाल *n* (आधारभूत) तर्क, तर्काधार [~ of idol worship]

rationalism रैश्नलिज़म *n* 1 चमत्कारों की तर्कसंगत व्याख्या करने की प्रवृत्ति; तर्क को धर्म का वास्तविक आधार मानने की प्रवृत्ति, 2 यह सिद्धान्त कि तर्क से ही निश्चित ज्ञान उपलब्ध हो सकता है, तर्कवाद

rationalization रैश्नलाइ-ज़ेशन *n* (see foll) 1 औचित्यप्रदर्शन 2 *econ* युक्तीकरण, वैज्ञानिक पुनर्गठन

rationalize रैश्नलाइज़ *vt* 1 तर्कसंगत व्याख्या करना, तर्कसंगत बनाना, 2 *econ* उत्पादन बढ़ाने के लिए श्रम, समय और सामग्री का पूरा-पूरा उपयोग करना, जाया न होने देना, (उद्योग को वैज्ञानिक ढंग से) सुव्यवस्थित करना, *math* परिमेय बनाना

ratlin(e), -ling रैट-लिन, -लिङ्ग *n* (usu in *pl*) मस्तूल की रस्सियों पर सीढ़ी की तरह बंधी हुई छोटी रस्सियां, पैर-रस्सियां

ratoon रटून *n* कटाई के बाद ईख की जड़ से फूटने वाला नया अंकुर, पेड़ी, मूढ़ी

rattan रटैन *n* (ईस्ट-इंडीज़ में पाया जाने वाला) बेंत; ~ walking stick बेंत की छड़ी

rat(-tat)-tat, रैट्-टैट, रैट्-टैट्-टैट *n* खट-खट, ठक-ठक, (वि० दस्तक की आवाज़)

rattle^1 रैटल *vi & t* 1 (of arms) खड़खड़ाना, झनझनाना, to **~ at** the door किवाड़ खड़खड़ाना, 2 (of vehicle) (i) खड़खड़ाते हुए चलना, (ii) बड़ी तेज़ी से चलना; 3 **to ~ on, along, away** जोश के साथ किन्तु बिना सोचे बोलते जाना, टरटराना, बक-बक करना, 4 *vt* खनखनाना, छनछनाना, झनझनाना [to ~ the keys, chains, coins]; **to ~ the sabre** युद्ध की धमकी देना, 5 धड़ाधड़ पढ़ या बोल जाना [to ~ off verses, oaths, etc], 6 *sl* हड़बड़ाना, घबरा देना [He never gets ~d]

rattle^2 *n* 1 (बच्चों का) झुनझुना, 2 खड़खड़ाहट, झनझनाहट, 3 शोरगुल, गुल-गपाड़ा, कोलाहल-सहित आमोद-प्रमोद, रंगरलियां, 4 बेमानी बातों की झड़ी, बक-बक, टर-टर, 5 **death-~** मृत्यु से पूर्व गले में होने वाला घर्र-घर्र शब्द, घर्रा, घटका, 6 *comb*: **~-brain, ~-head, ~-pate** *nn* (also **~-brained**, etc *aa*) कूढ़ मग्ज़, मूढ़; **~-snake** *n* अमरीका का ज़हरीला सांप (जिस की पूंछ खड़खड़ाती है); **~trap** *n* पुरानी खड़खड़ाती गाड़ी, छकड़ा

rattler रैट्लर *n* 1 (U.S.)=rattlesnake; 2 किसी वस्तु का बहुत बढ़िया नमूना, क़माल की चीज़, कमाल का आदमी

rattling *a* (*sl*) तीव्र, द्रुत, तेज़ [a rattling wind, pace], ~ good बहुत बढ़िया

raucous रॉकस *a* 1 (of voice) कर्कश, भर्राया हुआ, फटा हुआ, भारी, 2 (*of person*) जिसकी आवाज़ फट रही हो, जिसका गला बैठ गया हो, भग्नस्वर

ravage^1 रैविज *vt* नष्ट करना, बरबाद करना, तहस-नहस करना, उजाड़ना, विध्वंस करना

ravage^2 *n* 1 क्षति, हानि, 2 (esp. in *pl.*) विनाश, विध्वंस, तबाही, the ~s of floods, बाढ़ से हुई तबाही; **ravaging** *a* विनाशकारी

rave^1 रेव *n* छकड़े की समाई बढ़ाने के लिए उसके ऊपर लगाया गया जंगला

rave^2 *vi* & *n* 1 (उन्मत्त की भांति) प्रलाप करना, ग्रंडबंड बकना, आग-बबूला होकर बोलना या गरजना [to ~ **about, at, against,** sth], **raving mad** जो उन्माद में ग्रंडबंड बक रहा हो; उन्माद के कारण बेकाबू; 2 (of wind, sea) प्रचण्ड या उग्र होना, शोर करना, गरजना, 3 (किसी बात से) आनन्दविह्वल हो उठना, अत्यधिक प्रशंसा करना [to ~ **about, over,** sth, s.o.], **raving beauty** बहुत सुन्दर व्यक्ति; *n* 1 (हवा, आंधी का) शोर, (समुद्र की) गरज, गर्जना, गर्जन; 2 (फ़िल्म, नाटक आदि की) अति प्रशंसात्मक समीक्षा

ravel^1 रैवल *vt* & *i* (-ll-) 1 (सूत, समस्या आदि) उलझाना या उलझना, जटिल बनाना या बनना, 2 *vt* **to ~ out** (उलझे हुए धागों को) सुलझाना, (गांठ) खोलना, उधेड़ना; *vi* सुलझना

ravel^2 *n* 1 उलझाव, जटिलता, पेचीदगी, गुत्थी, उलझन; threads in a ~ उलझे हुए धागे, 2 उलझे हुए धागे का सिरा

ravelin रैव्लिन *n* (*fortif*) प्राचीर के बाहर बनी (खाई के आगे की) दो-रुखी दीवार

raven^1 रेवन *n* & *a* पहाड़ी कौआ, *a* चमकीला काला, कौए-जैसा काला, काला-स्याह, ~ locks काले स्याह बाल

raven^2 रैवन *vi* & *t* 1 लूटना, लूट-मार करना; to ~ about लूटते फिरना, 2 (of animal) शिकार की खोज में फिरना [to ~ after]; 3 (*vt* & *abs*) भुक्खड़ की तरह खाना, भकोसना, हड़प करना [to ~ the prey]; **ravening** *a* बहुत भूखा [a ravening wolf]

ravenous रैव्नस *a* 1 खाऊ, पेटू, भुक्खड़; बहुत भूखा, (*colloq*) to be ~ बहुत भूखा होना; 2 अत्यधिक, अतिमात्र, तेज, तीव्र [~ appetite, hunger, eagerness, etc]

ravin रैविन *n* (*poet, rhet*) 1 लूट-पाट, लूट-मार, 2 लूट का माल, 3 **beast of ~** शिकारी जानवर

ravine र-वीन *n* (दो पहाड़ियों के बीच की) गहरी तंग घाटी, तंग रास्ता, दर्रा, खड्ड

ravish रैविश *vt* 1 (of death, circumstances, etc) उठा लेना, हटा लेना, 2 (स्त्री के साथ) बलात्कार करना, सतीत्वभंग करना [to ~ a woman], 3 (प्रशंसा आदि द्वारा) प्रसन्न करना, आनन्दविभोर करना, 4 मुग्ध करना, मोह लेना, लुभा लेना [~ed by the scenery]; **~er** *n* बलात् संभोग करने वाला, बलात्कारी; **~ing** *a* मोहित करने वाला, मनोमुग्धकारी [ravishing beauty, music]; **~ment** *n* 1 बलात् संभोग, बलात्कार, 2 हर्षातिरेक, आनन्दातिरेक

raw^1 रॉ *a* 1 जो पकाया न गया हो, कच्चा [~ meat, brick, etc], 2 अपक्व, कच्चा [~ fruit], 3 जो औद्योगिक प्रक्रिया द्वारा (पूरी तरह) तैयार न किया गया हो, अपरिष्कृत, कच्चा [~ silk], ~ **hide** बे-कमाया चमड़ा; **raw material** कच्चा माल, 4 कच्चा, अनुभवहीन, नौसिखिया [a ~ hand], 5 जिस पर से त्वचा छिल गई हो, कच्चा, हरा [~ wound], 6 [of atmosphere, wind, day, etc] गीला और ठंडा, 7 अन्यायपूर्ण [~ deal, also see deal^2, *n*], 8 **~-boned** *a* जिसकी हड्डियां निकल आई हों, दुबला-पतला [a ~-boned horse]; **rawness** *n* 1 (फल आदि का) कच्चापन, 2 अनुभवहीनता, अप्रौढ़ता, 3 (त्वचा का) छिल जाना, त्वचारहित होना, 4 (वातावरण की) ठंडक, 5 अन्याय्यता, अन्यायपूर्णता

raw^2 *n* हरा घाव; *fig.* मर्मस्थल, **to touch s.o. on the ~** मर्मस्थल पर आघात करना

ray^1 रे *n* 1 किरण, रश्मि; in *pl* किरण, विकिरण [cosmic ~s; X-~s], 2 (*fig*) **a ~ of hope** आशा की किरण या झलक; अणु, लव, लेश [a ~ of truth, genius, etc], 3 बिन्दु से निकलने वाली या बिन्दु पर मिलने वाली रेखाओं में से एक, 4 (पहिये का) अर, अरा

ray^2 *n* हांगर से मिलती-जुलती कई प्रकार की बड़ी समुद्री मछली, रे, शंकुश

rayon रे-ऑन *n* नकली रेशम (का कपड़ा), रेयान

raze, rase रेज़ *vt* 1 मिटा देना [to ~ s.o.'s name from memory], 2 (नगर, इमारत, दीवार आदि) ढाना, गिराना, भूमिसात् करना, मटियामेट या मलियामेट कर देना [usu **to ~ to the ground**]

razor रेज़र *n* 1 उस्तरा [safety ~]; 2 **~-back** (उस्तरे की धार की तरह) बीच में से उठी हुई ढालू पीठ; ~-back hill अत्यन्त ढालू पहाड़ी; 3 **razor-edge** (i) तेज़ धार, (ii) लंबी और संकरी चोटी वाली पहाड़ी, संकरा कटक, (iii) ख़तरनाक स्थिति [**to be on a ~-edge**]

razzia रैज़िअ *n* (वि० अफ़्रीकी मुसलमानों का) छापा, लूट-मार; गुलाम बनाने का अभियान, रज़िया

razzle(-dazzle) रैज़ल(-डैज़ल) *n* (*sl*) 1 हलचल, भाग-दौड़, सनसनी, चहल-पहल, 2 रंग-रलियां [to be, go, **on** the ~]

re री (*prep*) के विषय में, [Re your letter of June 10th]

re- रि, री *pref* पुनः, फिर (*re-* can be prefixed to almost any verb or its derivatives. It is hyphenated before verbs beginning with *e*, *e.g.* re-edit, re-elect, re-export; but not otherwise, *e.g.* reabsorb, redo, refresh, reopen, etc

reabsorb री-अब्ज़ॉर्ब *vt* 1 फिर सोख लेना, 2 फिर अपने में मिला लेना, फिर खपा लेना; **reabsorption** री-अब्ज़ॉर्प्शन *n* पुनरवशोषण, पुनरवचूषण

reaccustom री-अकस्टम *v.* फिर आदत डालना

reach^{1} रीच *vt* & *i* **1** तक जाना, पहुंचना, जा पहुंचना [to ~ the hill-top]; to ~ middle age अधेड़ उम्र का हो जाना; Every syllable ~ed the audience लोगों को एक-एक अक्षर सुनाई दिया; **to ~ a decision** (see decision); to ~ agreement **with** s.o. के साथ समझौता हो जाना, **2** हाथ फैला कर पकड़ना या पकड़ाना [He couldn't ~ the jug; R~ me the matchbox], **3** to ~ **out** फैलाना, बढ़ाना, [R~ out your hand], *vi* पहुंचने की कोशिश करना [R~ out further], **4** *vi* फैलना, फैला हुआ होना [Harsha's empire ~ed from Thanesar to Tamralipti]; **As far as the eye could ~** जहां तक नजर जाती थी

reach^{2} *n* **1** पहुंच, रसाई, सामर्थ्य; **within (one's) ~** पहुंच के भीतर; **above, out of, beyond, (one's) ~** पहुंच के बाहर; Houses within ~ of the low-income group मकान जो निम्न आय के लोग ख़रीद सकें; office within easy ~ of the residence घर के निकट ही दफ़्तर; **2** (i) नदी (के दो मोड़ों के बीच) का सीधा भाग; [At Rishikesh, you see one of the most picturesque ~es of the Ganges], (ii) नहर के दो जल-फाटकों (=जलपाशों) के बीच का भाग

react रि-ऐक्ट *vi* **1** प्रगति का विरोध करना, पीछे की ओर जाना, पश्चगति करना, **2** किसी प्रकार की प्रतिक्रिया होना, प्रभावित होना, असर पड़ना या होना [A child ~s to kind treatment]; **to ~ against** के प्रति घृणा होना, का विरोध करना, **3** *mil* जवाबी हमला करना, **4** *chem* (रासायनिक) परिवर्तन पैदा करना, असर करना

reaction रि-ऐक्शन *n* **1** (esp. in *polit.*) प्रगतिविरोधी कार्यवाही या प्रवृत्ति, प्रतिक्रिया, **forces of ~** प्रगतिविरोधी लोग या दल; **2** एक व्यक्ति के व्यवहार या प्रस्ताव के उत्तरस्वरूप दूसरे का व्यवहार या विचार, प्रतिक्रिया [What was his ~ **to** your proposal?], किसी घटना के फलस्वरूप होने वाली क्रिया, प्रतिक्रिया [What was the people's ~ to the coup d'état?], किसी घटना के बारे में (तात्कालिक) विचार, राय [What is your reaction **to** this raid?], **3** विपरीत प्रभाव या दशा, *e.g.* अति क्रियाशीलता के बाद अतिनिष्क्रियता अथवा अति निष्क्रियता के बाद अतिक्रियाशीलता [the ~ **from** excitement], उग्रता के बाद नरमी, उत्तेजना के बाद शान्ति आदि, आदि; **4** *mil* जवाबी हमला, प्रत्याक्रमण, **5** *chem* क्रिया, अभिक्रिया [the ~ of sulphuric acid **on** copper]

reactionary रि-ऐक्शनरि *a* & *n* (*polit*) प्रगतिविरोधी, पीछे की ओर ले जाने वाला, प्रतिक्रियावादी

reactionist रि-ऐक्शनिस्ट *a* & *n* =prec.

reactivate रि-ऐक्टिवेट *vt* पुन: सक्रिय बनाना (see activate)

reactive रि-ऐक्टिव *a* (*chem*) अभिक्रियाशील

reactor रि-ऐक्टर *n* (also **atomic ~**) परमाणु-विघटन का यन्त्र, अणु-शक्ति के उपयोग आदि के लिए भट्ठी, रिऐक्टर

read रीड *vt* & *i* (*pt.* & *pp.* read रे`ड) & *n* **1** पढ़ना, बाँचना, **2** to ~ **to** s.o. किसी को पढ़कर सुनाना; **to ~ s.o. a lecture** *or* **lesson** डाँटना, फटकारना, भर्त्सना करना; to take the minutes as read (रे`ड) बिना पढ़े ही कार्यविवरण की स्वीकृति देना; **3** पढ़ना, पढ़ाई करना, अध्ययन करना [to ~ law, medicine, etc]; **4** समझना, भाँपना, ताड़ना [to ~ s.o.'s thoughts]; to ~ the future भविष्य का हाल जानना या बताना; to ~ the palm हाथ देखना; **to read between the lines** (लेख या भाषण का) गूढ़ अर्थ खोजना या समझ लेना, मतलब भाँपना; to ~ into a sentence what is not there वाक्य में अपनी ओर से शब्द जोड़ लेना, **5** (of recording instrument) बताना, दिखाना [The thermometer ~s 43°], **6** *vt* लगना, प्रतीत होना [The book ~s like a translation], **7** (with *prepp*) to ~ **out** ऊंचे स्वर में पढ़ना, पढ़कर सुनाना; to read **over** फिर पढ़ना; to ~ **through** पूरा पढ़ जाना, **8 well-read; deeply read** (रे`ड) बहुत पढ़ा-लिखा, विद्वान्, पंडित; **9** *n* पढ़ने में लगाया गया समय [I had a short, long, good, quiet, etc. read (रीड) in the train]

readable रीड-बल *a* **1** रोचक (ढंग से लिखा हुआ), **2** सुवाच्य, सुपाठ्य

readdress री-अड्रे`स *vt* चिट्ठी का पता बदलना, पता बदलकर भेजना

reader रीडर *n* **1** पाठक, **2** (प्र)वचाक [news-~], **3** (विश्वविद्यालय में) प्राध्यापक, उपाचार्य, रीडर, **4** (also **proof-~**) प्रूफ़-संशोधक, **5** (वि० भाषा की) पाठ्यपुस्तक, पाठमाला, पाठावली

readily रे`डिलि *adv* **1** खुशी से, सहर्ष, **2** आसानी से, सहज ही [The facts may be ~ ascertained]

readiness रे`डिनिस *n* **1** तैयारी, **Everything is in readiness** (*for*) सब कुछ तैयार है, सब तैयारी हो चुकी है, **2** रज़ामन्दी, तत्परता, उत्सुकता [~ to do sth], **3** झटपट कार्य करने की प्रवृत्ति या योग्यता, आशुकारिता

reading^{1} रीडिङ्ग *n* **1** पढ़ाई, पाठ, अध्ययन, स्वाध्याय, विद्वत्ता [a man of vast ~], **2** *Parl:* बिल वाचन, **first ~** पहला वाचन (जिसके द्वारा बिल को पेश करने की अनुमति दी जाती है); **second ~** दूसरा वाचन (जिस में बिल के मुख्य उद्देश्य की स्वीकृति दी जाती है); **third ~** तीसरा वाचन,

जिसमें संशोधनों की स्वीकृति दी जाती है (और तदनन्तर बिल पर वोट लिये जाते हैं); 3 (of recording instrument) अंक, 4 मतलब लगाना या समझना, राय, विचार [What is your ~ of his conduct?], 5 (लेख, पांडुलिपि का) पाठ, पाठान्तर, 6 पाठ्य सामग्री का (रोचकता, नीरसता आदि) गुण [The article is good, dull, ~]; 7 **reading-room** वाचनालय

reading^2 *a* पढ़ने वाला, पाठक [the ~ public]

readjust री-अजस्ट *vt* पुन: समंजन करना (see adjust)

ready^1 रे ́डि *a* **1** तैयार; **to make ~** (i) तैयार होना [They made ~ to fight], (ii) तैयार करना [They made everything ~]; **to get ~** तैयार होना; **2** राज़ी, उद्यत, तत्पर, तैयार [I am ~ to risk my life]; अविलम्ब या झटपट (होने वाला) [gave a ~ consent; found ~ acceptance]; to have a ~ wit हाज़िरजवाब होना; प्रत्युत्पन्नमति होना, 3 *comb*: **~ money** (i) नकद, नगद; (ii) तुरन्त अदायगी; **~ reckoner** गणन-पुस्तिका

ready^2 *vt* तैयार करना

ready^3 *adv* (*chiefly with p.p.*, usu. *hyphened*) **~-built house** बना-बनाया मकान; **~-made clothes** सिले-सिलाये कपड़े; **~-made shop** सिले-सिलाये कपड़ों की दुकान; (of food) **~-to-eat** पका-पकाया; **~-witted** हाज़िरजवाब

reaffirm री-अफ़र्म *vt* फिर कहना, फिर घोषणा करना, फिर पुष्टि करना (see affirm)

reagent री-एजन्ट *n* (*chem*) अभिकर्मक

real रीअल *a* **1** वास्तविक, असल, असली, सचमुच का, सच्चा, खरा; a ~ friend सच्चा मित्र; **the ~ thing** असली चीज़ (जो बनावटी या घटिया न हो), **2 ~ estate**, **~ property** अचल या स्थावर संपत्ति (मकान, ज़मीन आदि), 3 (*econ*) **~ income** क्रयशक्ति की दृष्टि से आय, वास्तविक आय, 4 *philos* निरुपाधिक, **the real** निरुपाधिक सत्, ब्रह्म

realgar रि-ऐल्गर *n* मैनसिल, मन:शिला (जिसका प्रयोग आतिशबाज़ी में होता है)

realism रीअ-लिज़म *n* **1** *philos* यह सिद्धान्त कि इन्द्रियों द्वारा ग्रहण किये जाने वाले पदार्थ सचमुच अस्तित्व रखते हैं, वस्तुवाद, वास्तववाद (cf. idealism), **2** जो वस्तु जैसी हो उसको वैसा समझना, पक्षपात-रहित होना, यथार्थवाद, **3** चित्र, साहित्य आदि में यथार्थ या जीवन को हूबहू प्रस्तुत करना, यथार्थचित्रण, यथार्थनिरूपण, यथार्थवाद

realist रीअ-लिस्ट *n* वास्तववादी, यथार्थवादी, **~ic** *a* **1** यथार्थ; यथार्थवादी; **2** व्यावहारिक [realistic politics]; **~ically** *adv* यथार्थ रूप में, यथार्थत:

reality रि-ऐलिटि *n* **1** असली बात या चीज़, असली स्थिति, वस्तुस्थिति, असलियत; तथ्य, सत्य, सच्चाई; **in ~** असल में, वास्तव में, वस्तुत:, **2** वास्तविकता [Doesn't believe in the ~ of dreams]; 3 निरुपाधिक सत्, **4** मूल वस्तु के बिलकुल समान होना, हूबहू होना [The scene was reproduced with remarkable ~]

realizable रिअलाइज़-बल *a* **1** जो कार्यरूप में परिणत किया जा सके, जो पूरा हो सके, **2** जो समझ में आ सके, जिसकी कल्पना की जा सके, **3** जो उगाहा या वसूल किया जा सके, उगाहने योग्य, वसूली योग्य

realization रिअलाइ-ज़ेशन *n* **1** (of plan) कार्यान्वित होना, निष्पादन, सिद्धि, (of hope) पूरा होना, **2** (i) समझ में आना, बोध, ज्ञान, समझ में आई हुई बात; (ii) आत्मज्ञान, आत्मदर्शन, 3 उगाही, वसूली, **4** (हुंडियों आदि का) मुद्रा में परिवर्तन, बिक्री

realize रिअलाइज़ *vt* **1** (usu in *pass*) (योजना आदि कार्यरूप में परिणत करना, साकार करना, कर दिखाना, (आशा) पूरी करना [His hopes were ~d]; **2** (अच्छी तरह) समझना, बूझना, जानना, ज्ञान होना [Does he ~ his error? Do you ~ how difficult it is?]; भांपना, ताड़ना, देखना, **3** (धन या नफ़ा) प्राप्त करना, कमाना [I ~ed Rs. 500 on the sale of the scooter], (रुपया) बनाना, **4** उगाहना, वसूल करना, **5** (हुंडियां, जायदाद आदि) मुद्रा में परिवर्तित करना, बेचना, **6** (इतने में बिकना) [The house ~d Rs. 500,000]

really रिअ-लि *adv* वास्तव में, वस्तुत:, असल में, सचमुच; **~ and truly** सचमुच

realm रे ́ल्म *n* **1** (*poet*, *rhet*) देश, मुल्क [for the defence of the ~], **2** क्षेत्र, लोक, जगत् [The ~s of fancy, poetry, etc]

realpolitik G रेआल पो ́लिटीक *n* देश की वास्तविक स्थिति और आवश्यकताओं पर (न कि नैतिकता और आदर्शों पर) आधारित राजनीति; व्यावहारिक राजनीति

realtor रीअल्टर *n* स्थावर संपत्ति का दलाल, भूसंपत्ति-दलाल

realty रीअल्टि *n* (भूमि, मकान आदि) स्थावर संपत्ति, भूसंपदा [opp. personalty]

ream^1 रीम *n* **1** कागज़ के 20 दस्ते (=480, किन्तु प्राय: 500 ताव); रिम, **printers' ~** = 516 ताव; **2** (usu in *pl*) बहुत-सा काग़ज़, असंख्य पृष्ठ [wrote ~s and ~s of verse]

ream^2 (धातु में) सूराख़ चौड़ा या बड़ा करना; **~er** *n* छिद्र बड़ा करने का औज़ार, परिछिद्रक

reanimate री-ऐनिमेट *vt* नई जान डालना, पुनर्जीवित करना; **reanimation** *n* पुनरुज्जीवन

reap रीप *vt* **1** (फ़सल, खेत) काटना [to ~ the crop, field], **2** (*abs.*, *fig*) (किये का) फल पाना या भोगना, **you'll reap as you sow** जैसा

बोओगे वैसा काटोगे, जैसा करोगे वैसा भरोगे; **to ~ where one has not sown** दूसरों की मेहनत से फ़ायदा उठाना, दूसरों की कमाई खाना, 3 to ~ the fruits of का फल पाना या भोगना, 4 प्राप्त करना [to ~ profit from sth], **~er** *n* 1 फ़सल काटने वाला, लुनेरा, 2 फ़सल काटने की मशीन, फ़सल-कर्तक

reappear री-अपिअर *vi* फिर से दिखाई देना (see appear)

reappoint री-अपॉइन्ट *vt* फिर नियुक्त करना; **~ment** *n* पुनर्नियुक्ति

rear^{1} रिअर *n* 1 सेना का पिछला भाग, चँदावल, 2 **to bring up the ~** सब से पीछे आना, पीछे-पीछे आना, 3 सेना या शिविर के पीछे का स्थान, **to take the enemy in the ~** शत्रु-सेना पर पीछे से हमला करना, to remove a casualty to the ~ घायल को शिविर के पिछवाड़े में ले जाना, 3 (किसी चीज़ का) पिछला भाग, पृष्ठ भाग, पिछवाड़ा; *colloq* शौचालय; 4 *comb*: **rear-admiral** उपनौसेनापति से छोटा अफ़सर, रियर-एडमिरल; **rearguard** (वि० पीछे हटने के समय) सेना के पिछले भाग या चँदावल की रक्षा करने वाला विशेष दल, पृष्ठरक्षी दल, **rearguard action** (सेना के पीछे हटने के समय) पृष्ठरक्षी दल का शत्रु से युद्ध, पीछे हटते समय भी शत्रु से लड़ना, *fig* आलोचनाओं या आरोपों का उत्तर देना; **~-lamp, ~-light** (मोटरगाड़ी की) पिछली (प्राय: लाल) बत्ती, **~-view mirror** जिससे ड्राइवर पीछे की यातायात देख सकता है, पश्चदर्शी शीशा, 5 *attrib* पीछे का, पिछला [~ wheel], **rearmost** सब से पिछला

rear^{2} *vt & i* 1 (भवन) निर्माण करना, खड़ा करना [to ~ a pillar, temple, etc], 2 उठाना, ऊँचा करना [to ~ one's head, one's voice], 3 (पशु) पालना, (बच्चों का) पालन-पोषण करना, पढ़ाना-लिखाना, सिखाना [to ~ cattle, children, etc], 4 उगाना [to ~ crops], 5 *vi* (of horse etc) पिछले पैरों पर खड़ा होना

rearm री-आर्म *vt* (व्यक्ति को) फिर हथियारों से लैस करना, (देश का) पुनरस्त्रीकरण करना

rearmament री-आर्ममन्ट *n* पुनरस्त्रीकरण

rearrange री-अरेन्ज *vt* नये ढंग से विन्यास करना, नई व्यवस्था करना; **~ment** *n* पुनर्विन्यास, नई व्यवस्था

reason^{1} रीज़न *n* 1 कारण, हेतु, वजह; प्रयोजन, उद्देश्य [The ~ of my absence], there is no ~ to suppose ऐसा मानने या सोचने का कोई कारण नहीं है, 2 युक्ति, दलील, तर्क [to prove with ~s], 3 सोचने-समझने की शक्ति, बुद्धि, प्रज्ञा, अक्ल [Do animals have ~?], 4 समझदारी, सद्बुद्धि, विवेक, 5 **It stands to reason (that)** यह स्पष्ट है, निर्विवाद है, तर्कसंगत है, माना जा सकता है, 6 **to bring s.o. to ~** समझाना-बुझाना, समझा-बुझा कर हठ छोड़ने को राज़ी करना, **to listen to ~** नेक सलाह मानने को तैयार होना, **to see ~** हठ छोड़ना, मान जाना, राज़ी हो जाना, to see ~ to do sth करना उचित या ठीक समझना; मानसिक संतुलन, स्वस्थचित्तता, He has lost his ~ वह पागल हो गया है

reason^{2} *vt* 1 तर्क करना, दलील देना, सोचना [He ~ed that . . .], 2 to ~ **from premisses** आधार वाक्यों से निष्कर्ष निकालना, 3 विचार करना, विचार-विमर्श करना, बहस करना [to ~ about a subject], 4 to ~ **with s.o.** किसी को युक्तियों से समझाना; **to ~ s.o. into, out of, (doing) sth** किसी को समझा-बुझा कर कोई काम करने, न करने, को राज़ी करना

reasonable रीज़न-बल *a* 1 (i) समझदार, दूसरे की बात सुनने को तैयार, जो उग्रवादी न हो; (ii) जो बहुत अधिक मांग या आशा न करे, 2 तर्कसंगत, युक्तियुक्त, न्यायसंगत; 3 न बहुत अधिक न बहुत कम, उचित, ठीक ही [~ prices, offer], औसत दर्जे का [~ facilities]; **~ness** *n* 1 समझदारी, 2 युक्तियुक्तता, 3 औचित्य, (कीमतों का) कम होना, ठीक ही होना

reasoning रीज़निङ्ग *n* 1 तर्क; तर्कशक्ति, 2 तर्क-वितर्क, वाद-विवाद, बहस

reassemble री-असॆम्बल *vt* 1 फिर पहली तरह बनाना, 2 *vi* फिर एकत्र होना

reassert री-असर्ट *vt* फिर या दोबारा कहना, फिर दावा करना

reassurance री-अशुअरन्स *n* आश्वासन; पुन: बीमा

reassure री-अशुअर *vt* 1 आश्वासन देना, हिम्मत बंधाना, (किसी की) शङ्का या डर दूर करना, शक मिटाना, अपने (या दूसरे के) विचार की पुष्टि करना; 2 पुन: बीमा करना; **reassuring** *a* (of words, news, manner, etc) आश्वासनप्रद

reave रीव *vt* (reft) *arch* 1 तबाह करना, बरबाद करना, उजाड़ना, 2 बलपूर्वक वंचित करना, छीनना, 3 अपहरण करना

rebate रीबेट *n* छूट, कटौती

rebel^{1} रॆबल *n* 1 विद्रोही, बाग़ी, राजद्रोही, 2 आज्ञा न मानने वाला, अवज्ञाकारी, काबू में न रहने वाला, 3 *attrib* विद्रोही, विद्रोहियों का

rebel^{2} रि-बॆल *vi* (-ll-), 1 विद्रोह करना, 2 घृणा व्यक्त करना, विरोध करना [to ~ **against** a custom etc]

rebellion रि-बॆलिअन *n* 1 विद्रोह, राजद्रोह, बग़ावत, 2 घोर विरोध, आज्ञा का उल्लंघन

rebellious रि-बॆलिअस *a* 1 विद्रोही, बाग़ी, 2 आज्ञा न मानने वाला, अवज्ञाकारी, विद्रोहशील, निरंकुश, दुर्दमनीय, 3 (of disease etc) दु:साध्य

rebind री-बाइन्ड *vt* (re-bound) नई जिल्द बांधना

rebirth री-बर्थ *n* 1 पुनर्जन्म, 2 नया जीवन, पुनर्जीवन, पुनरुज्जीवन, 3 आध्यात्मिक जागृति

rebound रिबाउन्ड *vi* 1 (पटके जाने पर) उछलना, टकरा कर लौटना [The ball ~ed and fell into the ditch], 2 पलटना, पलट कर आना [Tyranny ~s on the tyrant]

rebound री-बाउन्ड *n* 1 उछाल, 2 प्रतिघात, 3 प्रतिक्रिया, (क्रोध या विरोध आदि के बाद) नरमी, **to take s.o. on** *or* **at the rebound** किसी के ढीला पड़ने पर उससे अपना इरादा बदलने का अनुरोध करना

rebuff रि-बफ़ *vt* & *n* 1 (प्रेम-प्रस्ताव, सहानुभूति-प्रदर्शन, प्रार्थना आदि करने वाले को) दुतकारना, धुतकारना, धता बताना, (*n*) दुतकार, धुतकार, अस्वीकृति, साफ़ इन्कार [**to meet with a ~**], 2 झिड़की, फटकार

rebuild री-बिल्ड *vt* पुनर्निर्माण करना

rebuke रि-ब्यूक *vt* & *n* झिड़कना, फटकारना, भर्त्सना करना [to ~ s.o. **for** sth]; *n* झिड़की, फटकार, भर्त्सना

rebus रीबस *n* (कोई नाम या शब्द बुझाने वाली) चित्र-पहेली, चित्र-बुझौवल

rebut रि-बट *vt* (-tt-), 1 खंडन करना, काटना, मिथ्या सिद्ध करना, प्रतिवाद करना [to ~ a charge, theory, etc], 2 (किसी को) रोकना, पीछे धकेलना, खदेड़ना; **~tal** *n* खण्डन, प्रतिवाद

recalcitrance रि-कैल्सिट्रन्स *n* अवज्ञाकारिता, उद्दण्डता, दुर्दमनीयता, अड़ियलपन, ज़िद्द

recalcitrant रि-कैल्सिट्रन्ट *a* आज्ञा मानने से इन्कार करने वाला, अवज्ञाकारी, उद्दण्ड, दुर्दान्त, हठी, ज़िद्दी, अड़ियल

recalcitrate रिकैल्सिट्रेट *vi* (*arch*) आज्ञा मानने से इन्कार करना, अवज्ञा करना, हठ करना, अड़ जाना

recall[1] रि-कॉल *vt* 1 वापस बुला लेना, (विदेश-स्थित अधिकारी को) पदच्युत करना, बरख़ास्त करना; वापस बुलाना [to ~ an ambassador], 2 याद करना [I can't ~ his name]; याद दिलाना [Legends that ~ the past], 3 (फ़ैसला, कार्यवाही आदि) मंसूख करना, रद्द करना, ख़तम करना

recall[2] *n* 1 वापस आने का आदेश, वापस बुलाया जाना, (विदेश-स्थित अधिकारी की) बरख़ास्तगी, पदच्युति, 2 मंसूखी, a decision **past** *or* **beyond ~** फ़ैसला जिसे मंसूख या रद्द न किया जा सके; 3 स्मरण; स्मरण शक्ति, स्मृति; total ~ (see total[1])

recant रि-कैन्ट *vt* & *i* 1 (अपने मत या बयान से) फिर जाना, मुकरना [to ~ an opinion, a statement], 2 (अपने मत या विश्वास की ग़लती स्वीकार करते हुए उसे) त्याग देना, प्रत्याख्यान करना; **recantation** *n* मुकरना, प्रत्याख्यान

recapitulate री-कपिचुलेट *vt* (विषय की) मोटी-मोटी बातें फिर से कहना, संक्षेप में या जल्दी-जल्दी दोहराना, सिंहावलोकन करना; **recapitulation** री-कपिचुलेशन *n* संक्षिप्त आवृत्ति, सिंहावलोकन, सार-कथन, **recapitulátory** री-कपिचुलेटरि *a* दोहराने का, सिंहावलोकनात्मक

recapture री-कैप्चर *vt* & *n* 1 फिर पकड़ लेना, फिर बन्दी बना लेना, 2 फिर अधिकार या कब्ज़ा कर लेना, 3 याद करना, (अतीत को) पुन: प्रस्तुत करना, (अतीत अनुभूति को) फिर अनुभव करना, *n* पुन: बन्दीकरण

recast री-कास्ट *vt* (recast) & *n* 1 दुबारा ढालना, 2 नया रूप देना, नई तरतीब देना; नाटक के पात्रों के पार्ट बदल देना; *n* नया रूप, नई तरतीब

recede रि-सीड *vi* 1 पीछे हटना [The tide ~s], 2 पीछे रह जाना, दूर होते जाना [The coast ~s (**from** the ship)], 3 पीछे हटा हुआ होना [receding forehead], 4 (मूल्य) कम होना, घटना, 5 (वायदे आदि से) फिरना, मुकरना

re-cede री-सीड *vt* पहले मालिक को लौटा देना (see cede)

receipt रि-सीट *n* & *vt* 1 प्राप्ति, मिलना [**on** ~ of the letter], 2 प्राप्त रकम, प्राप्ति, आय [~s and expenses], 3 उगाही, वसूली, समाहरण [entrusted with the ~ of subscriptions]; 4 पावती, रसीद; *vt* (बिल पर) रसीद लिखना

receive रिसीव *vt* 1 पाना, प्राप्त करना (*but translated variously*) Received you letter आप का पत्र मिला; to ~ stolen goods चोरी का माल लेना; to ~ a black eye चोट लगने से आँख के आस-पास की त्वचा नीली पड़ जाना; to ~ an impression छाप या संस्कार पड़ना; (*abs*) **to be at** *or* **on the receiving end** उस सिरे पर होना जहां मार पड़ रही हो, वार या चोट सहना, आलोचना का लक्ष्य बनना; 2 (अच्छा या बुरा) लगना, How did he ~ my suggestion उसे मेरा सुझाव कैसा लगा ? The proposal was well ~d प्रस्ताव का स्वागत किया गया, 3 (i) अगवानी करना, स्वागत करना [to ~ a visitor, guest, etc], to ~ s.o. with open arms ख़ूब स्वागत करना, (ii) आतिथ्य करना; 4 **receiving set** रेडियो-सेट

receiver रि-सीवर *n* 1 पाने वाला, लेने वाला, प्राप्तिकर्ता; 2 चोरी का माल लेने वाला, चोर-हट्टिया, 3 *law* दिवालिये की जायदाद का प्रबन्ध करने के लिए अदालत द्वारा नियुक्त अधिकारी, रिसीवर, 4 (टेलिफ़ोन का) चोंगा, 5 रेडियो-सेट

recency रीसन्सि *n* (f. recent) अभिनवता, नूतनता

recension रि-सेन्शन *n* 1 (ग्रन्थ के पाठ का) संशोधन, 2 (ग्रन्थ का) संशोधित संस्करण

recent रीसन्ट *a* 1 जिसे हुए थोड़ा ही समय बीता हो, हाल का, 2 नया, नव, अभिनव, नव्य, नवीन, नूतन, अर्वाचीन; ~**ly** *adv* अभी थोड़े ही दिन हुए कि, पिछले दिनों, हाल में; ~**ness** = recency

receptacle रि-से˝प्टकल *a* 1 बर्तन, पात्र, 2 स्थान (जिसमें कोई चीज़ रखी जाये), धानी, आशय, 3 *bot* पुष्पधर

reception रि-से˝प्शन *n* 1 (अतिथियों को) टिकाना, ठहराना, ठहराव [The rooms were prepared for his ~]; 2 (at hotel etc) वह कमरा जहां अतिथि अपना नाम आदि दर्ज कराते हैं, स्वागत-कक्ष, 3 स्वागत का ढंग, (अच्छा या बुरा) स्वागत, **warm** ~ (i) सस्नेह स्वागत, (ii) विरोधी प्रतिक्रिया, **cold** ~ उत्साहरहित स्वागत; The book had a favourable ~ आलोचकों या पाठकों ने पुस्तक को बहुत पसन्द किया; 4 स्वागत-समारोह [After the wedding, there will be a ~], 5 (विचार) ग्रहण करने या समझने की शक्ति, ग्रहणशक्ति, 6 (रेडियो-संकेतों का) ग्रहण, संग्रहण, श्रवण [R~ is usually poor in this area], 7 ~-**room** स्वागत कक्ष

receptionist रि-से˝प्श्निस्ट *n* स्वागत-अधिकारी, स्वागती

receptive रि-से˝प्टिव *a* 1 जल्दी समझ लेने वाला, ग्रहणशील, (प्रभाव-)ग्राही [a mind more ~ than retentive]; 2 (of instrument) संग्रहणशील; ~**ness, receptivity** *nn* 1 ग्रहणशीलता, 2 (of instrument) संग्राहकता

recess^{1} रि-से˝स *n* 1 (i) थोड़ी देर का विराम, विश्राम, (ii) विरामकाल, छुट्टी, अवकाश, मध्यावकाश, 2 (in wall etc) आला, ताक, ताखा, कोना, 3 कटाव, झिरी, खांचा, 4 पहाड़ का मोड़ या अन्दर गया हुआ भाग; एकान्त या गुप्त स्थान [in the inmost ~es of the Himalayas]; in the inmost ~es of the heart हृदय के अन्तस्तल में

recess^{2} *vt* & *i* 1 आले या कोने में रखना, 2 आला बनाना, 3 *vi* थोड़ी देर की छुट्टी करना, स्थगित होना

recession रि-से˝शन *n* 1 पीछे हटना, पश्च-सरण; 2 पीछे हटा हुआ भाग, 3 (व्यापार में) मन्दी

recessional रि-से˝शनल *a* & *n* अवकाश का, अवकाशकालीन, *n* (पादरी और गायकवृन्द के जाने के बाद गाया जाने वाला) भजन, समाप्ति-भजन

recessive रि-से˝सिव *a* 1 पीछे हटने वाला, पश्चगामी, 2 *biol* वर्णसंकर की दूसरी-तीसरी आदि (न कि पहली) पीढ़ी में पाया जाने वाला, बाद में प्रकट होने वाला, अप्रभावी [~ character]

recherché *a* (F रशे˝अर्शे) 1 (of expression) बड़े यत्न से बनाया या चुना हुआ, घुमाव-फिराव का, क्लेशकल्पित, दूरारूढ़, 2 (of meals) बढ़िया

recidivist रि-सिडिविस्ट *a* जो दोबारा अपराध या जुर्म करने लगे, जो अपराध करना छोड़ न सके, अभ्यस्त अपराधी

recipe रे˝सि-पि *n* 1 (खाद्य पदार्थ, व्यञ्जन आदि) बनाने का तरीका, तरकीब, 2 औषध बनाने का तरीका, योग, नुस्ख़ा, 3 (कोई काम करने का) तरीका, तरकीब, तदबीर, उपाय

recipiency रि-सिपिअन्सि *n* ग्रहणशीलता

recipient रि-सिपिअन्ट *a* & *n* 1 ग्रहणशील; 2 *n* (पुरस्कार आदि) पाने वाला, प्राप्तिकर्ता

reciprocal रि-सिप्रकल *a* & *n* 1 बदले में (किया जाने वाला) [I helped him and I had ~ help from him]; 2 दो-तरफ़ा, पारस्परिक, आपसी, परस्पर, अन्योन्य [~ concessions, demand, love], 3 *math* उलट, व्युत्क्रम [1/5·is the ~ of 5], ~ proportion व्युत्क्रम अनुपात; ~**ly** *adv* आपस में, परस्पर, एक दूसरे के साथ

reciprocate रि-सिप्रकेट *vt* & *i* 1 पारस्परिकता का व्यवहार करना, आदान-प्रदान करना, आपस में लेना-देना, 2 बदले में देना [She ~d his advances **with** rebuffs], (बदले में) वैसी ही भावना व्यक्त करना [to ~ s.o.'s sentiments, good wishes, etc]; (बदले में) वैसा ही व्यवहार करना [to ~ s.o.'s affection], 3 *vi* (of piston etc) आगे-पीछे जाना या चलना

reciprocating रि-सिप्रकेटिङ्ग *a* आगे-पीछे चलने वाला; ~ saw सीधा आरा

reciprocation रि-सिप्रकेशन *n* 1 आदान-प्रदान, लेन-देन, 2 प्रतिदान, प्रतिकार

reciprocity रे˝सि-प्रॉ˝सिटि *n* 1 पारस्परिकता, परस्परता, अन्योन्य भाव, 2 पारस्परिक व्यवहार, 3 आदान-प्रदान (की भावना या सिद्धान्त)

recital रि-साइटल *n* 1 (तथ्यों आदि का) सविस्तर वर्णन, विवरण [~ of facts etc], 2 वृत्तान्त, कथा, 3 ऊंचे स्वर में पढ़ना, वाचन, 4 गान, गायन

recitation रे˝सि-टेशन *n* (ऊँचे स्वर में) पाठ, सस्वर पाठ, कवितापाठ, गायन

recitative रे˝सि-ट-टीव *n* (आपेरा आदि के वर्णनात्मक भाग या कथनोपकथन का) सस्वर पाठ

recite रि-साइट *vt* & *i* 1 ऊँचे स्वर में पढ़ना या पढ़कर सुनाना, (कविता का) सस्वर पाठ करना, 2 (तथ्यों आदि का) विवरण देना, सविस्तर वर्णन करना, ब्योरा देना, एक-एक करके बताना, उल्लेख करना; ~**r** *n* पाठकर्ता, पाठक, पाठी, वाचक

reck रे˝क *vt* & *i* (*poet., in neg. & interrog sentences only*) परवाह करना, ख़याल करना, I ~ not that . . . मुझे इसकी परवाह नहीं है कि · · ·, What ~s it? इसका क्या महत्त्व है ?

reckless रे˝क्लिस *a* 1 बे सोचे-समझे काम करने वाला, अविमृश्यकारी, अदूरदर्शी, उतावला, जल्दबाज़, 2 बेपरवाह, बेफ़िक्र [~ of danger etc], बेधड़क [~ gambler], 3 अन्धाधुन्ध [~ driving]; ~**ness** ~**ly**, *adv* अन्धाधुन्ध [to spend ~ly];

n 1 अविमृश्यकारिता; उतावली, जल्दबाज़ी, 2 बेपरवाही, लापरवाही; ~ness of . . . के विषय में लापरवाही

reckon रे'कन *vt* & *i* 1 गिनना, गिनती करना, 2 अनुमान या अन्दाज़ा लगाना, I ~ him forty मेरे अनुमान से वह चालीस वर्ष का है; 3 श्रेणी या वर्ग में रखना, गिनना, मानना [to ~ sth in, with, among . . .]; 4 मानना, समझना [to ~ s.o. as, to be, a fool; to ~ s.o. foolish], 5 *vi* to ~ on sth किसी चीज़ पर निर्भर करना, भरोसा रखना; to ~ with s.o. (i) किसी से हिसाब मांगना या लेना; किसी का हिसाब चुकाना या चुकता करना; किसी से निपटना, (ii) का ध्यान रखना, to be ~ed with जिसकी उपेक्षा न की जा सके, महत्त्वपूर्ण, प्रभावशाली, ज़बरदस्त [He is a man to be ~ed with]

reckoner रे'क़नर *n* 1 गणना करने वाला, गणक; 2 also **ready-~**, गणन-पुस्तिका, आशु-परिकलक

reckoning रे'क्‌निङ्ग *n* 1 गिनती, गणना, 2 अनुमान, अन्दाज़ा; **to be out in one's ~** गिनती या अनुमान करने में ग़लती कर जाना, अनुमान या आशा ग़लत निकलना, 3 **day of ~** हिसाब चुकाने का दिन, फल भुगतने का दिन, प्रायश्चित्त करने का दिन, कयामत का दिन

reclaim रि-क्लेम *n* & *vt* सुधार; *vt* 1 सुधारना, सभ्य बनाना, सीधे रास्ते पर या सन्मार्ग पर लाना; उद्धार करना [to ~ s.o. from vice], 2 (पेड़ आदि काट कर) कृषि के लिए ज़मीन साफ़ करना, (बाढ़ या दलदल वाली भूमि का पानी निकाल कर उसे) खेती योग्य बनाना

reclamation रे'क्ल-मेशन *n* 1 (व्यक्ति का) सुधार, उद्धार, 2 भूमि-सुधार

recline रि-क्लाइन *vt* & *i* 1 लिटाना, टिकाना, टेकना [to ~ one's head on sth]; 2 *vi* लेटना, लेटा हुआ होना [to ~ on a couch]; ढासना लगाना [to ~ against the wall]; 4 (of head) टिकना, टिका हुआ होना [to ~ on . . . .]

recluse रि-क्लूस *a* & *n* (तपस्या के लिए) एकान्त में रहने वाला, एकान्तवासी; *n* साधु, संन्यासी

recognition रे'कग्‌-निशन *n* 1 मान्यता (-प्रदान), 2 मानना, स्वीकार करना, स्वीकृति, 3 जानना, ध्यान में रखना, **in ~ of** your services आपकी सेवाओं के बदले में; 4 पहचान, अभिज्ञान, प्रत्यभिज्ञान; **to change out of (all) ~** इतना बदल देना या बदल जाना कि (बिल्कुल) न पहचाना जा सके [Delhi has changed out of all ~]

recognizable *a* जो पहचाना जा सके, अभिज्ञेय

recognizance रि-कों'ग्‌निज़न्स *n* 1 उपद्रव न करने या ऋण चुकाने या अदालत में हाज़िर होने का प्रतिज्ञापत्र, मुचलका, 2 (ऐसी प्रतिज्ञा के लिए) ज़मानत

recognizant रि-कों'ग्निज़न्ट *a* 1 जानने वाला, अभिज्ञ, 2 मानने वाला, अभारी, कृतज्ञ [~ of a favour etc]

recognize रे'कग्नाइज़ *vt* 1 पहचानना; 2 (वैध) मानना, मान्यता देना [to ~ a government, an institution, a party, etc]; 3 मानना, स्वीकार करना [He was ~d as a scholar], 4 कदर करना [His services to the state were ~d]; **~d** *a* 1 मान्यताप्राप्त, 2 माना हुआ, स्वीकृत

recoil रि-कॉ'इल *vi* & *n* 1 (of person) पीछे हटना, सकोच करना, झिझकना, विचार-मात्र से घृणा करना, **to ~ from doing** sth कोई काम करने के विचार-मात्र से मन में घृणा पैदा होना, 2 (of fire-arm) दगने पर पीछे धकेला जाना, झटका खाना, 3 (of evil) पलट पड़ना, पलट कर आना [Tyranny recoils **on** the tyrant]; *n* धक्का, झटका, प्रतिक्षेप

recoilless रि-कॉ'इल्‌-लिस *a* (of gun) जिसमें धक्का या झटका नहीं लगता, बिना झटके का

recollect^1 री-कले'क्ट *vt* 1 फिर एकत्र करना, 2 संभल जाना [to ~ oneself], साहस बटोरना [to ~ one's courage]

recollect^2 रे'क्ले'क्ट *vt* याद कर पाना [I can't ~]; **recollection** *n* 1 स्मृति, याद, अनुस्मरण, it is in my ~ that . . . . मुझे याद है कि ···, 2 स्मरणशक्ति, याददाश्त, 3 याद आई बात, याद, संस्मरण

recommence री-कमें'न्स *vt* & *i* फिर शुरू करना या होना

recommend रे'क-में'न्ड *vt* 1 सिफ़ारिश करना [to ~ a candidate **for** a post], 2 (उपयुक्त या अच्छी चीज़ का) सुझाव देना, बताना [I ~ this pen, tonic, etc]; **to ~ s.o. to do sth** किसी को कोई काम करने की सलाह देना [I ~ you not to disobey your parents]; 3 (of quality, conduct, etc) (व्यक्ति या वस्तु को) स्वीकार्य बनाना [The plan. has little to ~ it]; **~able** *a* सिफ़ारिश करने लायक, अनुशंसनीय

recommendation रे'कमें'न्डेशन *n* 1 सिफ़ारिश, अनुशंसा, सिफ़ारिशी चिट्ठी; 2 सुझाव, सलाह, परामर्श

recommendatory रे'क-में'न्ड-टरि *a* 1 सिफ़ारिशी, अनुशंसात्मक, 2 परामर्शात्मक, परामर्शस्वरूप [It is ~ and not mandatory]

recompense^1 रे'कम्पें'न्स *vt* 1 बदला देना; (बदले में) पुरस्कार या इनाम देना, (बदले में) दण्ड देना, 2 क्षतिपूर्ति करना, हरजाना या मुआवज़ा देना [to ~ s.o. for an injury, a loss, etc]

recompense^2 *n* 1 बदला, प्रतिकार, 2 (बदले में दिया गया) पुरस्कार अथवा दण्ड, 3 हरजाना,

मुआवज़ा, क्षतिपूर्ति

reconcile रे´कन्साइल *vt* 1 (झगड़े के बाद) मेल-मिलाप कराना, समझौता कराना [to ~ s.o. with s.o.; to ~ two persons], 2 झगड़ा मिटाना, झगड़े का निपटारा करना [to ~ a quarrel], 3 (देखने में विरोधी तथ्यों, मतों, कार्यों आदि में) सामजस्य स्थापित करना, मेल या संगति बिठाना [to ~ one thing **with** another, to ~ one thing **and** another]; 4 **to be ~d to sth** (विवश हो कर) कोई बात मान लेना; to be ~d to one's lot अपने भाग्य पर संतोष कर लेना

reconcilement, reconciliation रे´कन्सिलि-एशन *nn* 1 फिर से मेल-मिलाप, पुनः मैत्री स्थापना, सुलह Krishna tried for a reconciliation **between** the Kauravas and the Pandavas]; (विरोधी तथ्यों, मतों आदि में) सामंजस्य-स्थापन [The reconcilement of duty **with** pleasure is no easy problem]; 2 समाधान, मिलान [reconciliation of accounts]

reconciliatory रे´कन्-सिलिअ-टरि *a* मेल-मिलाप या समझौता करने या कराने का, झगड़ा मिटाने का, समाधानात्मक

recondite रे´कन्डाइट *n* (of subject) गूढ़, गहन, दुरूह, दुर्ज्ञेय; (of style) दुर्बोध, (of author) जिसकी शैली दुर्बोध हो; **~ness** *n* (विषय की) गूढ़ता, गहनता, दुरूहता; (शैली की) दुर्बोधता

recondition रीकन्-डिशन *vt* पूरी मरम्मत करके नये-जैसा बना देना [a ~ed car]; जीर्णोद्धार करना, सुधार करना

reconnaissance रि-कॉ´निसन्स *n* 1 *mil* (शत्रु के ठिकानों, जमाव आदि का पता लगाने के लिए इलाके की) छान-बीन, टोह, 2 टोह लगाने वाली टुकड़ी (also **~ party**); 3 (किसी तरह का) प्रारंभिक सर्वेक्षण

reconnoitre रे´क-नॉ´इटर *vt & i & n* (*mil*) (शत्रु या इलाके की) टोह लेना या लगाना, टोह लगा कर देखना, निरीक्षण करना; *n*=prec

reconsider री-कन्-सिडर *vt* (फ़ैसला बदलने की संभावना से) फिर से विचार करना, पुनर्विचार करना, फिर सोचना

reconstitute री-कॉ´न्स्टि-ट्यूट *vt* 1 (संस्था को) पुनर्गठित करना, 2 (हिस्सों को जोड़ कर) फिर से बनाना, 3 (अतीत घटनाओं को जोड़ कर) सुपाठ्य रूप में प्रस्तुत करना, फिर से लिखना; **reconstitution** *n* पुनर्गठन

reconstruct री-कन्स्ट्रक्ट *vt* 1 फिर से बनाना, पुनर्निर्माण करना, फिर से रचना करना, 2 (अतीत घटना की) पुनः कल्पना करना

reconstruction रीकन्-स्ट्रक्शन *n* 1 फिर पहली हालत पर लाना, उद्धार, सुधार [economic ~]; 2 पुनर्निर्माण, 3 पुनः कल्पना

record^1 रि-कॉर्ड *vt* 1 (भविष्य में देखने के लिए) लिख लेना, लिख रखना, लिपिबद्ध करना, नोट कर लेना, अंकित करना, 2 (खाते या रजिस्टर में) चढ़ाना, दर्ज करना, 3 (of instrument) दिखाना, बताना; 4 (broadcasting) रिकार्ड भरना या बनाना

record^2 रे´कॉर्ड *n & a* 1 लिखित या लिपिबद्ध तथ्य, **to be on record** लिखित या लिपिबद्ध होना; (*colloq*) it is on ~ that .... यह बात लिखने में आ चुकी है, इसका लिखित प्रमाण मिलता है कि···; **to make, keep, a ~ of** लिख लेना, लिख रखना; **to go on ~** लिखने (की अनुमति) देना, रिकार्ड करवाना [I'll go on ~ as saying that the accountant is corrupt]; **off the ~** जो लिखने या प्रकाशन के लिए न हो, गोपनीय; अनौपचारिक, अनधिकृत, **for the ~** अधिकृत; लिख लेने या रिकार्ड करने के लिए; **to get, keep, put, set, the ~ straight** सही तथ्य प्रस्तुत करना, ग़लतफ़हमी दूर करना; 2 अभिलेख, दस्तावेज़, 3 इतिहास, वृत्त; 4 (अतीत घटना की) यादगार, स्मारक, शिलालेख आदि, 5 (of recording instrument) अंक, 6 अतीत आचरण (के ज्ञात तथ्य) [His ~ is against him], **He has a ~** वह पहले भी सज़ा पा चुका है; 7 sports etc, कीर्तिमान, रिकार्ड [**to break, beat, the ~**]; *a* अब तक का सबसे अच्छा, अभूतपूर्व, ~ output अभूतपूर्व उत्पादन; 8 (of gramophone) तवा, रिकार्ड

recorder रि-कॉर्डर *n* 1 अभिलेखक, 2 ध्वनि अंकित करने का यन्त्र, अंकित्र, रिकार्डर

recording रि-कॉर्डिङ्ग *n* (Radio) 1 ध्वन्यंकन, रिकार्ड भरना, 2 (भरा हुआ) रिकार्ड, टेप-रिकार्ड; दूरदर्शन की फ़िल्म

recount रि-काउन्ट *vt* (सविस्तर) वर्णन करना, सुनाना, एक-एक बात बताना, विवरण देना

re-count री-काउन्ट *vt & n* (वि० मत-पत्र) फिर से गिनना, दोबारा गिनती करना, *n* (मतपत्रों की) दोबारा गिनती [The defeated candidate demanded a ~]

recoup रि-कूप *vt* 1 मुआवज़ा देना, हरजाना देना, क्षतिपूर्ति करना, घाटा पूरा करना [to ~ s.o. **for** his losses; 2 **to ~ oneself** (i) अपना घाटा पूरा करना, खर्च की हुई रकम लेना या पाना, (ii) फिर स्वास्थ्य-लाभ करना; 3 *law* (देय रकम में से कुछ) काट लेना, कटौती करना; **~ment** *n* 1 क्षतिपूर्ति, 2 (खर्च की हुई रकम की) प्राप्ति, 3 *law* कटौती

recourse रि-कॉर्स *n* 1 सहारा, आश्रय, अवलंब, [**to have ~ to sth**], 2 व्यक्ति या वस्तु जिसका सहारा लिया जाए, सहारा; उपाय, साधन, तदबीर, युक्ति [My only ~ is legal action]

recover रि-क़वर *vt & i* 1 (खोई हुई चीज़,

अधिकार आदि) पुन: प्राप्त करना; (संपत्ति आदि पर) पुन: अधिकार करना; 2 फिर पहली अवस्था में आना; to ~ one's health पुन: स्वस्थ होना; to ~ one's appetite फिर पहली तरह भूख लगना; to ~ consciousness होश में आना; 3 **to recover oneself** होश में आना, संभल जाना, स्वस्थ होना, प्रकृतिस्थ होना; ठीक होना, 4 *law* मुआवजा लेना या पाना, वसूल करना [to ~ damages **from** s.o.; (*abs.*) to ~ **from** s.o.], 5 कमी पूरी करना,. कसर निकालना [Try to ~ lost time]; 6 *vi* to ~ **from** an illness बीमारी से उठना, स्वस्थ होना; to ~ **from** one's agitation घबराहट दूर होना, 7 (of prices) फिर पहले स्तर पर आना, (घटने के बाद) फिर बढ़ना

recoverable रि-कव-र-बल *a* वसूली-योग्य

recovery रिकवरि *n* **1** पुन: प्राप्ति, **2** *law* (संपत्ति पर) पुनरधिकार; (of damages, loan, etc) वसूली; **3** स्वास्थ्यलाभ, **4** *chem* उपलब्धि, प्राप्ति [~ of sugar from cane]; **5** उद्धार, सुधार [economic ~]

recreant रेॅक्रिअन्ट *a* & *n* (*rhet.*, *poet.*] **1** कायर, डरपोक, भीरु, **2** धर्मभ्रष्ट, पतित; धर्म या दल का त्याग करने वाला, धर्मत्यागी, दलत्यागी

recreate रेॅक्रिएट *vt* & *i* मनोरंजन या मनोविनोद करना, जी बहलाना, ताज़ा करना [to ~ s.o., oneself], *vi* थकावट दूर करना, विश्राम करना

re-create री-क्रिएट *vt* पुन: सृजन या रचना करना

recreation रेॅक्रिएशन *n* मनोरंजन, मनोविनोद, मनबहलाव, विश्राम; **~al** *a* मनोरंजन का, मनोरंजनार्थ [~al facilities]; **recreative** *a* जिससे **मनोरंजन** हो, मनोरंजक, विश्राम देने वाला, विश्रामप्रद, ताज़ा कर देने वाला

recriminate रि-क्रिमिनेट *vt* प्रत्यारोप लगाना; परस्पर दोष लगाना, एक दूसरे को बुरा-भला कहना; **recrimination** रि-क्रिमि-नेशन *n* प्रत्यारोप, परस्पर दोषारोपण; **recriminative, recriminatory** *aa* प्रत्यारोपात्मक, परस्पर दोषारोपण का

recrudesce रीक्रु-डेॅस *vi* (of sore, disease; *fig* of discontent) फिर से उत्पन्न होना या उभरना या फैलना, दोबारा प्रकोप होना

recrudescence रीक्रु-डेॅसन्स *n* दोबारा प्रकोप [~ of trouble, disease]; पुनरावर्तन; **recrudescent** *a* फिर से पैदा होने या फैलने वाला, पुनरावर्ती

recruit[1] रि-क्रूट *n* **1** नया भर्ती हुआ सिपाही, रंगरूट, **2** (सभा का) नया सदस्य, **3** (**raw**) ~ नौसिखिया

recruit[2] *vt* **1** (सेना या पार्टी की, व्यक्ति को,) भर्ती करना, **2** to ~ supplies (फिर से) रसद भरना, **3** (*arch*) to ~ one's health; (*abs.*) to recruit पुन: स्वास्थ्य लाभ करना, **recruital** *n* पुन: स्वास्थ्य-लाभ, स्वास्थ्य-सुधार; **recruitment** *n* भर्ती, भरती

rectal रेॅक्टल *a* (f. **rectum**) मलाशय मलाशयी

rectangle रेॅक्टैंगल *n* आयत; **rectangular** *a* **1** आयताकार, आयतीय, **2** समकोण, समकोणीय

rectification रेॅक्टिफ़ि-केशन *n* **1** शोधन, संशोधन; ~ of errors भूल-सुधार, **2** (अल्कोहल का) परिशोधन, **3** (*geom*). चापकलन, **4** *electr* धारा का एकदिशकरण

rectifier रेॅक्टिफ़ाइअर *n* **1** (अल्कोहल का) परिशोधक, **2** *electr* एकदिशकारी यन्त्र

rectify रेॅक्टिफ़ाइ *vt* **1** ठीक करना, दुरुस्त करना, शुद्ध करना, सुधारना, संशोधन करना [to ~ an error]; to ~ a grievance शिकायत दूर करना, **2** छूटा हुआ शब्द लिख देना, छूटा हुआ काम कर देना [to ~ an omission], **3** *chem* (अल्कोहल आदि को) दोबारा शुद्ध करना, परिशोधन करना, **rectified spirit** परिशोधित स्पिरिट, **4** *geom* वक्र के बराबर सीधी रेखा निकालना, चापकलन करना, **5** *electr* प्रत्यावर्ती धारा (A.C.) को एकदिश धारा (D.C.) बनाना; **rectifying** *a* (*electr*) एकदिशकारी

rectilinear, -lineal रेॅक्टि-लिनिअर, -लिनिअल *aa* **1** ऋजुरेखा बनाने का; **2** ऋजुरेखाओं से बना या घिरा हुआ, ऋजुरेखीय

rectitude रेॅक्टिट्यूड *n* **1** सदाचार, ईमानदारी, साधुता, आर्जव, **2** औचित्य

recto रेॅक्टो *n* **1** (खुली पुस्तक का) दाहिना पृष्ठ; **2** (वरक का) सामना (opp. verso)

rector रेॅक्टर *n* **1** पादरी (जिसको निर्वाहार्य संपदा से मिलने वाली आय लौकिक कामों में नहीं लगाई जा सकती; *cf.* vicar), **2** (विश्वविद्यालय, कालेज आदि का) अधिष्ठाता; महाचार्य; **rectory** रेॅक्टरि *n* **1** पादरी-निवास, आश्रम; **2** पादरी के निर्वाहार्य संपदा

rectum रेॅक्टम *n* बड़ी आँत का अन्तिम भाग, मलाशय

recumbent रि-कम्बन्ट *a* लेटा हुआ, टिका हुआ, शयान

recuperate रि-क्यूपरेट *vt* & *i* **1** थकावट या बीमारी आदि दूर करना, स्वस्थ करना या होना, to ~ (one's health) स्वास्थ्य-लाभ करना, **2** (खोई हुई वस्तु) फिर प्राप्त कराना या करना, फिर से भरना या देना, (वस्तु आदि की) कमी पूरी करना

recuperation रि-क्यूप-रेशन *n* (see prec) **1** स्वास्थ्य-लाभ, **2** पुन: प्राप्ति; **recuperative** रिक्यू-पर-टिव *a* स्वास्थ्यलाभ का; स्वास्थ्यकर

recur रि-कर *vi* (recurred, recurring), **1** दोबारा चर्चा करना [to ~ to a subject]; **2** (*of idea*) फिर याद आना, फिर ध्यान या ख़याल आना, **3** (of problem etc) फिर से उठना या

उपस्थित होना, फिर पैदा होना, **4** फिर (घटित) होना, पुनरावृत्ति होना

recurrence रि-करन्स *n* दोबारा होना, पुनरावृत्ति, आवर्तन, पुनरावर्तन

recurrent रि-करन्ट *a* बार-बार होने वाला, आवर्तक, पुनरावर्तक, आवर्ती, पुनरावर्ती [~ expenses]

recurring रि-करिङ्ग *a*=recurrent; **~ decimal** आवर्ती दशमलव

recusance रे ॅक्युज़न्स *n* आज्ञा न मानने का स्वभाव, विरोध, विद्रोह; **recusant** रे ॅक्युज़न्ट *n* & *a* आज्ञा या अवहेलना करने वाला (व्यक्ति), वश्यता न स्वीकार करने वाला, अवज्ञाकारी, विद्रोही, विरोधी [~ **against** authority]

red रे ॅड *a* & *n* **1** लाल, सुर्ख़, रक्त [red as a rose], blood-~ खून की तरह लाल, **2** खून-ख़राबी का, रक्तपात का [~ battle], **3** रक्तरंजित [with ~ hands], **4** उग्र वामपन्थी, साम्यवादी, **5** सोवियत रूस का, **6** क्रान्तिकारी [a ~ republican], *n* **1** लाल रंग, लाली, सुर्ख़ी, लालिमा, **2** लाल वस्त्र या पोशाक [dressed in ~], **3** उग्रवादी या अराजकतावादी राजनीतिज्ञ, क्रान्तिकारी; **4** *comb*: **~-blind** जो लाल रंग न पहचान सके, **~ carpet** लाल कालीन (जो सम्मानित अतिथि के **स्वागत** के लिए बिछाया जाता है), (*fig*) to give s.o. **a ~ carpet reception** विशेष सम्मानपूर्वक स्वागत करना; **Red Cross** रेडक्रास, लोकहितकारी अन्तर्राष्ट्रीय संस्था; **Red Guard** (in China) युवा कम्यूनिस्ट स्वयंसेवक; **~-handed** *a* रंगे हाथों, अपराध करता हुआ [to be caught ~-handed]; **~-hot** (*fig*) क्रुद्ध, **उत्तेजित**; जोशीला, उत्साही [~-hot republican]; **Red Indian** उत्तरी अमरीका का आदिवासी **~ lead** सिन्दूर; **red letter day** उत्सव का दिन, खुशी का दिन, शुभ **दिन**; **red light** ख़तरे की निशानी, संकट-सूचना; **to see the red light** समझ जाना कि विनाश होने वाला है, **red-light district** वेश्यालय-क्षेत्र; **~ meat** लाल गोश्त (भेड़, बकरी, गाय का मांस) (cf. white meat); **red rag** गुस्सा या उत्तेजना दिलाने वाली चीज़ [is a ~ rag to him; is like a ~ rag to a bull] **Red Star** कई कम्यूनिस्ट देशों का प्रतीक, लाल तारा; **red tape, red-tapism** सरकारी कामों में नियम-विनियम का अतिशय पालन, कायदे-कानून का चक्कर, लाल फ़ीताशाही

redact रि-डैक्ट *vt* (लेख, ग्रन्थ को) प्रकाशन के लिए ठीक-ठाक करना, संशोधन करना, संपादन करना; **redaction** रि-डैक्शन *n* **1** संशोधन, संपादन, **2** (ग्रन्थ का) नवीन **संस्करण**; **redactor** *n* (ग्रन्थ का) संपादक

redan रि-डैन *n* दो-रुख़ी मोर्चाबन्दी (जिसका कोण बाहर को निकला हुआ हो)

redbreast रे ॅड्ब्रे ॅस्ट *n*=robin

redden रे ॅडन *vt* & *i* लाल करना या हो जाना

reddish रे ॅडिश *a* कुछ-कुछ लाल, रक्ताभ

reddle रे ॅडल *n* लाल गेरू

redeem रि-डीम *vt* **1** (धन देकर या श्रम से वस्तु आदि) पुन: प्राप्त करना [to ~ one's right, honour, etc], (ऋण) चुकाना [to ~ a debt], **2** (रेहन रखी हुई चीज़) छुड़ाना [to ~ mortgaged land etc], निष्क्रय करना, **3** (वचन, वादा) पूरा करना, निभाना, **4** (गुलाम आदि को) छुड़ाना, मुक्त कराना, **5** कमी पूरी करना, प्रतिसंतुलित करना [His good points ~ his faults], He has one ~ing feature उसमें एक अच्छी बात है (जो उसके दुर्गुणों को प्रतिसंतुलित करती है), **6** (of God or Christ) पाप से छुड़ाना, उद्धार करना, मुक्ति दिलाना; **~able** *a* **1** (of goods etc) जो छुड़ाया जा सके, मोच्य, विमोच्य, निष्क्रेय; **~er** *n* **1** (माल आदि) छुड़ाने वाला; निष्क्रेता; **2 R~er** पाप से छुड़ाने वाला, पापमोचन, उद्धारक, ईसा

redemption रि-डे ॅम्प्शन *n* **1** (रेहन रखी चीज़ का) **छुड़ाना**, मोचन, निष्क्रय, (क़र्ज़ की) अदायगी, ऋणशोधन, **2** (पाप से) छुटकारा, मुक्ति, उद्धार; **past, beyond, ~** जिसका उद्धार न हो सके, गया-बीता

redeploy री-डिप्लॉ ॅइ *vt* दूसरे काम पर लगाना, दूसरे स्थान पर तैनात करना [to ~ troops, workers, etc], अन्यत्र रखना या विन्यास करना [to ~ missiles)

redintegrate रि-डिन्टिग्रेट *vt* दोबारा पूर्ण कर देना, पुन: संगठित करना, पुनरुद्धार करना; **redintegration** *n* पुनरेकीकरण, पुनर्गठन, पुनरुद्धार

redirect री-डाइरे ॅक्ट *vt* (पत्र को) नये पते पर भेजना, पता बदल कर भेजना, पुन: प्रेषित करना; **~ion** *n* पुन: प्रेषण

rediscover री-डिस्कवर *vt* पुन: खोज निकालना, पुन: पता लगाना

redistribute री-डिस्ट्रिबुट *vt* पुन: बाँटना, पुन: विभाजन करना; **redistribution** *n* पुन: वितरण, पुन: विभाजन

redolence रे ॅडलन्स *n* **1** सुगन्ध, **2** तीव्र गन्ध

redolent *a* **1** सुगन्धित, **2** तीव्र गन्ध वाला, **~ of** the soil जिसमें धरती की बू हो, **3** *fig* सूचक, द्योतक, व्यंजक, स्मारक

redouble रि-डबल *vt* & *i* **1** बढ़ाना, बढ़ना, तेज़ या तीव्र करना या होना [to ~ one's efforts; The joy, the noise, ~d], **2** संख्या में बढ़ाना या बढ़ना

redoubt रि-डाउट *n* (*fortif*) मुख्य मोर्चे के सामने कुछ दूरी पर बनी मोर्चाबन्दी, बाहरी मोर्चाबन्दी

redoubtable रि-डाउट-बल *a* (of opponent etc) भीषण, विकट, ज़बरदस्त, प्रबल, दुर्जेय

redoubted रि-डाउटिड *a* (*arch*) = redoubtable

redound रि-डाउन्ड *vi* 1 (परिणाम में) सहायक होना, योग देना, बढ़ाना; This will ~ to your credit इससे तुम्हारी प्रतिष्ठा बढ़ेगी, तुम्हें श्रेय मिलेगा, 2 अन्तत: मिलना, प्राप्त होना [The advantages that ~ to us]

redress^1 रि-ड्रॅस *vt* 1 फिर से ठीक करना; to ~ the balance संतुलन या समानता स्थापित करना, 2 हरजाना देना, क्षतिपूर्ति करना [to ~ a wrong, damage, etc], 3 इलाज या उपाय करना; (सुधार द्वारा) दूर करना, उन्मूलन करना [to ~ a grievance, an abuse, etc]; ~al *n* दूर करना, निवारण [~al of grievances]

redress^2 *n* 1 हरजाना, क्षतिपूर्ति [~ of a wrong], 2 इलाज, उपाय [legal ~]

reduce रि-ड्यूस *vt* & *i* 1 घटाना, कम करना [to ~ the expenses, prices, speed, temperature, etc]; 2 छोटा करना, पतला करना [to ~ sth in length, in thickness, etc]; **to ~ to the ranks** (दोषी N.C.O. को) फिर से साधारण सैनिक बना देना, 3 दुबला-पतला करना, कृशकाय करना, कमज़ोर करना [Illness has ~d him, Also See 12 *vi*]; 4 छँटनी करना, to ~ the establishment कार्यालय आदि के कर्मचारियों की छँटनी करना; 5 परिवर्तित करना, बदलना [to ~ yards to feet; to ~ a fraction to its lowest terms]; to ~ sth to ashes भस्मसात् करना; to ~ sth to writing लिपिबद्ध करना, लिख लेना; 6 हीन अवस्था या दुदशा में पहुंचा देना [to ~ s.o. to despair, to the level of beasts], 7 मजबूर करना [He was ~d to begging, to borrowing, etc], 8 दर्जा घटाना; निर्बल करना, निर्धन करना; 9 दमन करना, हराना, काबू में करना, अधीन करना [to ~ the revolted towns], 10 *med* जोड़ना, बिठाना [to ~ a fracture], 11 (कच्ची धातु को) शुद्ध करना, (धातु का) भस्म बनाना, 12 *vi* मोटापा कम करना, पतला होना

reduced रि-ड्यूस्ड *a* 1 छँटनी में आया हुआ [~ officers], 2 ~ **circumstances** (समृद्धि के बाद) गरीबी, तंगी, बुरे दिन

reductio ad absurdum L रिडक्शिओ ऐड् अब्सर्डम = **reduction** to absurdity (see foll 7)

reduction रि-डक्शन *n* 1 कमी, घटाव, 2 छूट, काट, कटौती, 3 छँटनी, 4 लघुकरण, 5 (चित्र आदि की) छोटी प्रति; 6 *mil* पदावनति; 7 ~ **to absurdity** (i) (सिद्धान्त आदि की) असत्यता या असंगति प्रमाणित करना, असंगति-प्रदर्शन, (ii) सिद्धान्त को अव्यावहारिक सीमा तक ले जाना

réduit F रेॅड्वी *n* अन्तर्दुर्ग

redundance,-cy रि-डन्डन्स,-न्सि *nn* 1 (शब्द की) अनावश्यकता, अनावश्यक शब्द का प्रयोग, शब्दाधिक्य-दोष; 2 प्राचुर्य

redundant रि-डन्डन्ट *a* 1 ज़रूरत से ज़्यादा, अनावश्यक, फ़ालतू [~ word], 2 ~ worker फ़ालतू कर्मी (जिसे निकाला जा सके), 3 बहुत अधिक, प्रचुर, भरपूर

reduplicate रि-ड्यूप्लिकेट *vt* 1 दुगना करना, 2 दोहराना, दोबारा कहना या करना, पुनरावृत्ति करना

reduplication रि-ड्यूप्लि-केशन *n* 1 दुगना करना, द्विगुणीकरण, 2 दोहराना, पुनरावृत्ति [*e.g.* pooh-pooh, puff-puff], 3 (*gram.* mostly Skt & Gk) द्वित्त्व, अभ्यास (*e.g.* Skt ददामि from दा = Gk didomi from *do* = to give)

re-echo री-ऐंको *vt* & *i* 1 प्रतिध्वनित करना, 2 *vi* प्रतिध्वनित होना, बार-बार गूंजना

reed रीड *n* 1 सरकंडा, नरकट, नरकुल, नड़; **broken** ~ व्यक्ति या वस्तु जिसपर भरोसा न किया जा सके, कमज़ोर व्यक्ति या चीज़; **to lean on a** ~ कमज़ोर व्यक्ति या वस्तु का सहारा लेना, 2 *collect* छप्पर डालने के लिये तैयार किया हुआ सरकण्डा या भूसा, 3 *poet* बांसुरी या मुरली; गडरियों के गीत, ग्राम्यगीत, 4 (जुलाहे का) कंघा, कंघी, 5 ~**-pipe** बांसुरी, मुरली

re-edit री-ऐंडिट *vt* (प्राचीन ग्रन्थों का) फिर से संपादन करना, नई टिप्पणियों के साथ संपादन करना

re-educate री-ऐंजुकेट *vt* पुन: शिक्षित करना; **re-education** *n* पुन: शिक्षण

reedy रीडि *a* 1 सरकंडों से भरा हुआ, 2 सरकंडे का, 3 (सरकंडे की तरह) दुबला-पतला या कमज़ोर

reef^1 रीफ़ *n* & *vt* 1 पाल के ऊपर या नीचे वाली तीन-चार पट्टियों में से एक जो कि पाल को छोटा करने के लिए समेटी जा सकती है, **to take in a** ~ (पट्टी को समेटकर) पाल को छोटा करना, *fig* सावधानी से आगे बढ़ना, 2 ~**-knot** दोहरी गांठ; *vt* पट्टियां समेट कर (पाल को) छोटा करना [to ~ a sail]

reef^2 *n* 1 (समुद्र में) चट्टानों या गोल पत्थरों या रेत की दीवार, समुद्री चट्टान, बालुका-भित्ति; *fig* ख़तरनाक या भयङ्कर बाधा; **coral** ~ (see coral); 2 (*mining*) धातुयुक्त परत

reek^1 रीक *n* 1 दुर्गन्ध [The ~ of tobacco], 2 दुर्गन्धयुक्त वातावरण [amid ~ and squalor], 3 (Sc. *or* liter) धूआं; भाप; दृश्य निःश्वास

reek^2 *vi* 1 दुर्गन्ध उठना [to ~ of tobacco, garlic, etc]; *fig* की बू आना [to ~ of corruption etc]; 2 (मकानों आदि के जल जाने के बाद उनसे) धूआं उठना या निकलना, 3 (गरम पेय, भोजन आदि से) भाप उठना

reel^1 रील *n* & *vt* 1 (सूत लपेटने की) चर्खी, फिरकी, 2 (यन्त्र की) गरारो, घिरनी, 3 (फ़िल्म की)

रील, **4 (straight) off the** ~ (*fig*) बिना रुके या अटके, धड़ाधड़; *vt* **1** (सूत आदि) चर्ख़ी पर लपेटना, **2** धड़ाधड़ पढ़ या बोल जाना [to ~ **off** verses etc]

reel² *vi* & *n* **1** (of mind, head, etc) चकरा जाना, घूमना, **2** डगमगाना, लड़खड़ाना; (also *fig*) He ~ed under the shock इस आघात से वह लड़खड़ा गया या स्तब्ध रह गया, **3** हिल जाना [The State was ~ing to its foundations]; *n* लड़खड़ाहट

reel³ *n* एक प्रकार का (वि० स्काटलैंड का) नाच

re-elect री-इलेॅक्ट *vt* वर्तमान सदस्य या पदाधिकारी को अगली सभा के लिए चुनना, पुनर्निर्वाचित करना; ~**ion** *n* पुनर्निर्वाचन

re-employ री-इम्पलोॅय *vt* फिर से काम पर लगाना या नोकरी देना; ~**ment** *n* पुनर्नियुक्ति

re-entrant री-ऐॅन्ट्रन्ट *a* & *n* (esp in *fortif*) अन्दर को गया हुआ (कोण), अन्त:प्रविष्ट या अन्तर्विष्ट (कोण) (opp. salient)

reeve रीव *vt* (*naut*) (*pt* & *p.p.* rove *or* ~d) **1** छिद्र में से गुज़ारना, पिरोना [to ~ a rope, rod, etc **through** a ring etc], **2** छिद्र में से गुज़ार या पिरो कर बांधना [to ~ a rope **to** a yard]

re-examination री-इग्-ज़ैमिनेशन *n* **1** दोबारा परीक्षा, पुन: परीक्षा; **2** पुन: पृच्छा (see foll)

re-examine री-इग्-ज़ैमिन *vt* **1** दोबारा परीक्षा लेना या करना, **2** *law* दोबारा पूछ-ताछ करना, दूसरे पक्ष की जिरह के बाद पहले पक्ष द्वारा गवाह से पुन: पूछ-ताछ करना, पुन: पृच्छा करना

re-export री-इक्स्पॉर्ट *vt* बाहर से मंगाये माल को (लगभग उसी रूप में) बाहर भेजना, आयात का निर्यात करना, पुनर्निर्यात करना

refection रि-फ़ेॅक्शन *n* **1** नाश्ता, जलपान [Milk and eggs were offered for our ~], **2** थोड़ा सा भोजन, अल्पाहार

refectory रि-फ़ेॅक्टरि *n* (मठ या आश्रम या कालेज का) भोजनालय, जलपानगृह

refer रि-फ़र *vt* & *i* (-rr-) **1** (किसी चीज़ या व्यक्ति को किसी बात का) कारण समझना या मानना या बताना [to ~ ill temper **to** indigestion], **2** अमुक काल या स्थान या वर्ग का मानना या बताना [to ~ the lake-dwellings **to** the sixth century]; **3** के पास भेजना [to ~ s.o. **to** s.o.], **4** के बारे में सलाह लेना [to ~ a matter **to** s.o.], **5** के हवाले करना, सपुर्द करना, सौंपना, में पेश करना [to ~ a matter **to** a tribunal], **6** निर्देश करना, देखने को कहना [The reader is referred to the Gita, II, 20 etc], **7** (of bank) **to** ~ **(a cheque) to drawer** चेक का भुगतान न करना, चेक लौटा देना, **8** *vi* (of person) हवाला देना, उल्लेख करना, **9** चर्चा करना, ज़िक्र करना, **10** (of statement etc) से संबंध रखना, के बारे में होना

referee रेॅफ़-री *n* & *vi* **1** *law* पंच, मध्यस्थ, **2** *sport* पंच, रेफ़री, अम्पायर, *vi* (मैच में) पंच या रेफ़री होना या बनना

reference रेॅफ़्रन्स *n* **1** सलाह या परामर्श (के लिए किसी के पास भेजना), सलाह लेना [The ordinance was promulgated without ~ to the Cabinet]; **2** (जांच या निर्णय करने वाले का) अधिकारक्षेत्र, अधिकार-सीमा; **terms of** ~ विचारार्थ विषय [That is a question outside the Commission's terms of ~], **3** संबंध, वास्ता [Success seems to have little ~ to merit]; **in, with, reference to** के विषय में; **without** ~ **to** का विचार किये बिना; **4** उल्लेख, हवाला, चर्चा, ज़िक्र [R~, a ~, was made to this], **5** पुस्तक (के पृष्ठ आदि) का निर्देश या संकेत (जहां ज्ञातव्य बात लिखी हो), प्रसंग, संदर्भ; **cross reference** उसी पुस्तक के किसी अन्य पृष्ठ का निर्देश, प्रतिनिर्देश; ~ **mark** निर्देश-चिन्ह (* †, ‡, etc), **6** (ज्ञातव्य बात जानने के लिए ग्रन्थ आदि) देखना [a ~ to the dictionary will remove the doubt], ~ **book, book of** ~ ज्ञातव्य बात जानने के लिए उलट-पलट के देखने (न कि लगातार पढ़ने) की पुस्तक, संदर्भ ग्रन्थ, **reference library** जहां पुस्तकें पढ़ी या देखी जा सकती हों पर बाहर न ले जाई जा सकती हों, संदर्भ पुस्नकालय; **7** (i) (नौकरी चाहने वाले व्यक्ति के चरित्र एवं गुणों का) प्रमाणपत्र [He has excellent ~s from former employers]; (ii) व्यक्ति जो ऐसा प्रमाणपत्र देने को तैयार हो [Who are your ~s?)

referendum रेॅफ़-रेॅन्डम *n* (किसी एक राजनीतिक प्रश्न का निर्णय करने के लिए) मतदाताओं की राय लेना, जनमतसंग्रह

referential रेॅफ़-रेॅन्शल *a* (f. reference) निर्देशात्मक, संकेतात्मक

refill री-फ़िल *vt* & *n* (ख़ाली होने पर) फिर से भर देना, *n* दोबारा भरने की (पहले जैसी) चीज़, पुन:पूर, रिफ़िल

refine रि-फ़ाइन *vt* & *i* **1** (धातु, तेल, चीनी आदि) शुद्ध करना या होना, साफ़ करना या होना, **2** (रुचि, आचरण, भाषा) परिष्कृत या संस्कृत करना, परिष्कार या संस्कार करना, (व्यक्ति को) सुरुचिसंपन्न बनाना, सुरुचिसंपन्न होना, **3** *vi* सूक्ष्म तर्क करना, बाल की खाल निकालना, **4 to** ~ **upon sth** किसी वस्तु आदि में सुधार करना, सुधरी हुई वस्तु बनाना, सुधारना [to ~ upon one's methods].

refined रि-फ़ाइन्ड **1** शुद्ध, शोधित, साफ़ किया हुआ, **2** परिष्कृत, परिमार्जित, सुसंस्कृत, **3** शिष्ट, सुरुचिसम्पन्न

refinement रि-फ़ाइन्-मन्ट *n* **1** शोधन, परि-

शोधन; 2 शुद्धि, शुद्धता, सुधार, 3 परिष्कार, सुरुचि, शिष्टता [a person of ~], 4 सुधरी हुई वस्तु, 5 (विचार आदि की) सूक्ष्मता, सूक्ष्म तर्क, सूक्ष्म भेद

refiner रि-फ़ाइनर *n* 1 शोधक, परिशोधक, 2 शोधन-यन्त्र, शोधित्र

refinery रि-फ़ाइनरि *n* 1 (also sugar-~) चीनी का कारख़ाना, 2 (oil-) ~ पेट्रोलियम साफ़ करने का कारखाना, शोधन-शाला

refit^1 री-फ़िट *vt* & *i* 1 *naut* मरम्मत आदि से (जहाज़ को) नये-जैसा कर देना; मरम्मत करना या होना, जीर्णोद्धार करना या होना, 2 फिर शस्त्रास्त्र से लैस करना या होना, 3 (मशीन को) ठीक-ठाक करना, दुरुस्त करना; 4 (कारख़ाने में) फिर से साज-सामान लगाना, उपकरणों से युक्त करना

refit^2, refitment *nn* (see prec) जीर्णोद्धार

reflect रि-फ़्लेॅक्ट *vt* & *i* 1 (of surface etc) (ताप, प्रकाश, ध्वनि आदि) लौटाना, परावर्तित करना, **to shine with ~ed light** दूसरे के प्रकाश से चमकना, दूसरे की प्रसिद्धि के कारण प्रसिद्ध होना; 2 (of mirror etc) प्रतिबिम्बित करना, 3 (of action, etc) प्राप्त कराना, देना, बढ़ाना **to ~** (credit, discredit, etc) **upon s.o.** किसी की (प्रतिष्ठा, अप्रतिष्ठा) बढ़ाना, श्रेय देना अथवा कलङ्क लगाना; (also see 5 below); 4 सोचना, विचारना, चिन्तन करना [to ~ that, how, etc; *vi* to **~ on** sth]; 5 *vi* (of person) निन्दा करना, (of action) निन्दा का कारण होना [to **~ on** s.o.]; This ~s **on** his honour इस से उसकी इज़्ज़त को बट्टा लगता है

reflecting रि-फ़्लेॅक्टिंग *a* परावर्ती, परावर्तक [~ surface]

reflection, -exion रि-फ़्लेॅक्शन *n* 1 (ताप, प्रकाश आदि का) परावर्तन; angle of ~ परावर्तन-कोण; 2 परावर्तित ताप अथवा प्रकाश, 3 प्रतिबिम्ब पड़ना, प्रतिबिम्बित करना या होना, 4 प्रतिबिम्ब, छाया, प्रतिछाया परछाईं, 5 निन्दा, आलोचना, आक्षेप [**to cast ~s on s.o.**]; लांछन, कलंक, बट्टा [This is a ~ on your honour], 6 विचार, विमर्श; पुनर्विचार. **on ~** पुनर्विचार करने पर [On ~, I doubt if I was right]

reflective रि-फ़्लेॅक्टिव *a* 1 (of person) चिन्तनशील, मननशील, in a ~ mood विचार-मग्न, ध्यानमग्न, 2 (of mental faculties) चिन्तन या मनन करने का, मनन-संबंधी, मननात्मक, 3 (of essay etc) विचारात्मक, 4 (of surface) परावर्ती, **~ness** *n* मननशीलता

reflector रि-फ़्लेॅक्टर *n* 1 प्रकाश का परावर्तन करने वाला उपकरण, परावर्तक, प्रतिबिम्बक, 2 परावर्तक (दूरबीन)

reflex^1 री-फ़्लेॅक्स *n* 1 दूसरे से या दूसरे के कारण मिलने वाला प्रकाश, प्रतिष्ठा आदि [The fame of Greece was a ~ from the glory of Athens], 2 (शीशे आदि में पड़ने वाली) छाया, परछाईं, प्रतिबिम्ब, *fig* प्रतिरूप [Legislation should be a ~ of the public opinion], 3 (*physiol*)=reflex action (see foll) सहज प्रतिक्रिया

reflex^2 *a* 1 पीछे मुड़ा हुआ, प्रतिवर्ती, 2 (of thought etc) अन्तर्मुख, अन्तर्मुखी, आत्मनिरीक्षणात्मक, 3 (*of effect*) कर्ता पर पलट कर आने वाला, परावर्ती, प्रतिक्रियात्मक, 4 (*physiol*) **~ action** संकल्प या इच्छा के बिना होने वाली क्रिया, अपने आप होने वाली क्रिया, तंत्रिका के उत्तेजित होने पर व्यक्ति की स्वाभाविक प्रतिक्रिया, सहज प्रतिक्रिया, प्रतिवर्ती क्रिया

reflexive रिफ़्लेॅक्सिव *a* & *n* (*gram*) निजवाचक (सर्वनाम) [*e.g.* myself, ourselves]; **~ verb** जिसमें क्रिया का व्यापार स्वयं कर्ता पर हो [*e.g.* He hid himself]

refloat री-फ़्लोट *vt* (रेत में धँसे जहाज़ को) फिर से तैराना

refluent रेॅफ़्लुअन्ट *a* लौटता हुआ, वापस जाता या बहता हुआ; ~ tide भाटा

reflux रीफ़्लक्स *n* 1 उल्टा बहाव या प्रवाह, पश्चप्रवाह, 2 भाटा

reforest री-फ़ॉरिस्ट *vt* (जहां पेड़ लगभग नष्ट हो गये हों वहां) दोबारा जंगल लगाना, **~ation** *n* पुन:वनरोपण

reform रिफ़ॉर्म *vt* & *i* & *n* 1 सुधारना, सुधार करना; सुधरना, 2 (कुप्रथा आदि का) अन्त करना, उठा देना [to ~ a malpractice]; *n* सुधार

re-form री-फ़ॉर्म *vt* & *i* 1 पुनर्गठित करना या होना; पुन: बनाना या बनना, 2 (*mil*) फिर सैनिक विन्यास में खड़े होना, फिर से व्यूह बनाना

reformation रेॅफ़र्-मेशन *n* (राजनीतिक या सामाजिक या धार्मिक) सुधार, सुधार-आन्दोलन

re-formation री-फ़ॉर्मेशन *n* पुनर्गठन; (*mil*) पुनर्गठित सेना, नया व्यूह या विन्यास

reformative रि-फ़ॉर्मेटिव *a* सुधारात्मक

reformatory रि-फ़ार्म-टरि *a* & *n* सुधारात्मक; *n* (बाल या युवा अपराधियों के लिए) सुधारालय

reformer रिफ़ॉर्मर *n* (समाज-) सुधारक

refract रिफ़्रैक्ट *vt* (of water, glass, etc) (प्रकाश की किरणों को) एक तरफ़ मोड़ना, अपवर्तन या अपवर्तित करना; **~ion** *n* अपवर्तन

refractive रि-फ़्रैक्टिव *a* अपवर्तक, **~ index** अपवर्तनांक

refractor रिफ़्रैक्टर *n* अपवर्तक (माध्यम या लेन्स), दूरबीन

refractory रि-फ़्रैक्टरि *a* 1 (of person) बात न मानने वाला, ज़िद्दी, ढीठ, बेकाबू, दुर्दान्त, 2 (of wound, disease) ठीक न होने वाला, असाध्य, दु:साध्य, 3 *chem* ताप से न गलने वाला, तापरोधी,

गलनरोधी, दुर्गलनीय

refrain^1 रिफ़ेन *n* (*pros*, *mus*) टेक, स्थायी

refrain^2 *vi* अपने आप को रोकना, से रुकना या रुका रहना, से बाज़ आना, न करना [to ~ **from** doing sth]

refrangibility रि-फ़ैन्जि-बिलिटि *n* (see foll) अपवर्तनीयता

refrangible रिफ़ैन्जिबल *a* जिसे मोड़ा जा सके, अपवर्तनीय [~ rays] (see refract)

refresh रि-फ़ेॅश *vt* & *i* 1 (of food, drink, rest, amusement) फिर से जान डालना, प्राण फूंकना, शक्ति देना, थकावट दूर करना, ताज़ा दम करना, **to** ~ **oneself** (with a cup of tea etc) फिर ताज़ा दम हो जाना, **2 to** ~ **one's memory** कुछ-कुछ भूले हुए को फिर याद कर लेना, याद ताज़ा करना

refresher रि-फ़ेॅशर *n* **1** (स्फूर्तिदायक) पेय, जलपान, **2** ~ **course** बहुत पहले पढ़े हुए को फिर से पढ़ना, या आधुनिक विधि से अध्ययन, पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

refreshing रि-फ़ेॅशिङ्ग *a* स्फूर्तिदायक, थकावट दूर करने वाला, जी बहलाने वाला, सुखद, आनन्द-प्रद, मज़ेदार

refreshment रि-फ़ेॅश्मन्ट *n* **1** दिल-बहलाव, विश्राम, आराम, **2** (स्फूर्ति देने वाला) पेय, आहार आदि [to take some ~ *or* ~s]; ~ **room** जलपानगृह, जलपानकक्ष

refrigerant रि-फ़िजरन्ट *a* & *n* **1** ठंडा करने वाला (पदार्थ); प्रशीतक, **2** बुख़ार उतारने की औषध

refrigerate रि-फ़िजरेट *vt* (पदार्थों को जमाने या सुरक्षित रखने के लिए) बहुत ठंडा करना, प्रशीतित करना

refrigerator रि-फ़िजरेटर *n* ठंडा करने की मशीन, प्रशीतक, रेफ़िजरेटर (*colloq abbr.* frig)

refrigeratory **रि-फ़िजर-टरि** *n* & *a* **1** शराब या आसव बनाने में भाप को द्रव बनाने के लिए ठंडे पानी का पात्र अथवा कक्ष, प्रशीतक; **2** *a* ठंडा करने वाला, प्रशीतक

reft रेॅफ़्ट See reave

refuel री-फ़्युअल *vt* & *i* (-ll-) फिर ईंधन भरना

refuge रेॅफ़्यूज *n* **1** आश्रय, शरण [to seek ~], रक्षा, पनाह [to take ~ **in** a temple, cave, etc], आड़, ओट, **2** रक्षा का स्थान, **3** आश्रयदाता, शरणदाता, गति, सहारा [God is my ~], **4** बचाव का साधन या उपाय, **5** = traffic island (see traffic, 5)

refugee रेॅफ़्यु-जी *n* अत्याचार या प्राकृतिक आपदा के कारण भाग कर आया व्यक्ति, शरणार्थी

refulgence रि-फ़ल्जंस *n* दीप्ति, प्रभा, चमक; **refulgent** *a* देदीप्यमान, दीप्तिमय, भास्वर

refund रि-फ़न्ड *vt* & *n* **1** (किसी से वसूल किया हुआ रुपया) लौटाना [to ~ money to s.o.]; **2** (किसी के द्वारा खर्च किया हुआ रुपया उसे) देना, अदा करना [to ~ s.o.], *n* **1** प्रत्यर्पण, (धन की) वापसी; **2** वापस किया हुआ या किया जाने वाला रुपया, वापसी रकम

refundable रि-फ़न्ड-बल *n* लौटाया जाने वाला, लौटाने योग्य, वापसी योग्य

refundment रि-फ़न्डमन्ट *n* वापसी, प्रत्यर्पण, अदायगी

refusal रि-फ़्यूज़ल *n* **1** अस्वीकृति, ना, नकार, इन्कार [to give a flat ~]; He **will take no** ~ वह ना नहीं सुनेगा, वह बड़ा आग्रह कर रहा है, बड़ा दुराग्राही है, **2** ~ of justice न्याय से वंचित रखना, **3** स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार; to have the **first** ~ of sth कोई चीज दूसरों से पहले ले लेने या अस्वीकार कर देने का अधिकार होना

refuse^1 रि-फ़्यूज़ *vt* **1** अस्वीकार करना, नामंजूर करना [to ~ an offer, a request], **2** किसी की प्रार्थना अस्वीकार करना, बात न मानना [to ~ s.o.]; **3** देने से इन्कार करना [to ~ s.o. sth], करने से इन्कार करना, न मानना [to ~ **to** do sth]

refuse^2 रेॅफ़्यूज *n* कूड़ा, कूड़ा-करकट, कचरा, बची-खुची या निकम्मी चीज़, जूठन; ~ **dump** कूड़ा फेंकने या डालने की जगह; कूड़े का ढेर, घूर

re-fuse री-फ़्यूज़ *vt* फिर से फ़्यूज लगाना

refutable रि-फ़्यूट-बल *a* खण्डनीय; **refutal** रि-फ़्यूटल, **refutation** रेॅफ़्यु-टेशन *nn* खंडन, प्रतिवाद

refute रि-फ़्यूट *vt* **1** मिथ्या सिद्ध करना, ग़लत साबित करना, खंडन करना, काटना [to ~ a statement, an argument, etc], **2** (किसी के कथन, तर्क आदि का) खंडन करना [to ~ s.o.]

regain रि-गेन *vt* **1** (खोई हुई चीज़) पुन: प्राप्त करना; to ~ possession of sth फिर से अधिकार कर लेना, **2** to ~ consciousness होश में आना, **3** to ~ a place स्थान पर दोबारा पहुंचना

regal रीगल *n* **1** राजसी, शाही, राजोचित, **2** भव्य, शानदार

regale रि-गेल *vt* & *i* **1** मज़ेदार चीज़ें या स्वादिष्ट भोजन खिलाना [to ~ s.o. **with** fruit, ice cream, etc.], **2** (संगीत, बातचीत आदि से) मनोरंजन करना; खुश करना, मुग्ध करना, तृप्त करना [to ~ s.o. **with** music, talk, etc]; **3** *vi* का मज़ा या आनन्द लेना [to ~ **on** sth]; ~**ment** *n* मनोरंजन, तृप्ति

regalia रि-गेलिअ *n pl* **1** राजचिन्ह, **2** फ़्रीमेसन (Freemason *q.v.*) आदि संघ का चिन्ह

regality रि-गैलिटि *n* **1** राजत्व, प्रभुत्व, **2** राजा

का विशेषाधिकार, राजकीय अधिकार

regard^{1} रि-गार्ड *n* 1 संबंध, वास्ता, **in this ~, in ~ to, with ~ to** के बारे में, के विषय में, **in s.o.'s ~** के बारे में, के प्रति, 2 ध्यान, ख़याल, परवाह; to have, pay, **~ to** का ख़याल या ध्यान रखना; 3 सम्मान, आदर, श्रद्धा, आस्था, अच्छी राय [to have little, no, a great, a high, ~ **for** s.o., **for** s.o.'s advice, judgement, etc], 4 in *pl* शुभकामनाएं, नमस्कार [Give my kind ~s to your brother]

regard^{2} *vt* 1 टकटकी लगा कर देखना [usu. with *adv*; to ~ s.o. with curiosity, intently], 2 ध्यान देना, ख़याल करना, परवाह करना [esp. in *neg* context. He does not ~ my advice], 3 समझना, सोचना, ख़याल करना, मानना [to ~ sth as a crime]; **to ~ sth with horror** किसी के ख़याल से भय लगना या कांप उठना; 4 (of things) संबंध या वास्ता होना या रखना [That does not ~ me]; 5 **as regards; regarding** के बारे में, के विषय में

regardant रिगार्डन्ट *n* (*her*) पीछे देखता हुआ, पश्चाभिमुख

regardful रिगार्ड्‌फ़ल *n* 1 ख़याल या ध्यान रखने वाला, लिहाज़ रखने वाला, सावधान [~ of sth], 2 आदर या सम्मान करने वाला [~ of s.o.]

regardless रिगार्ड्‌लिस *a* & *adv* 1 ख़याल या लिहाज़ न करने वाला, परवाह न करने वाला, *adv* परवाह न करते हुए [~ of the consequences]

regatta रि-गॅट: *n* नौका-दौड़ (समारोह)

regelate री-जि-लेट *vi* (of fragments of ice, heaped snow, etc) (ऊपर से तनिक पिघलकर और आपस में जुड़ कर) फिर जम जाना, (हिम-खंडों का) संघात बनना

regency रीजन्सि *n* (f. regent) 1 प्रतिशासन-व्यवस्था, 2 प्रतिशासक-गण, 3 प्रतिशासक का पद या कार्यकाल

regenerate^{1} रि जे॑न-रेट *vt* & *i* 1 (व्यक्ति या संस्था का) उद्धार करना, सुधारना, बल प्रदान करना, पुनरुत्थान करना, पुनरुज्जीवित करना, नवजीवन का संचार करना; (व्यक्ति की) आध्यात्मिक उन्नति करना, 2 अपना सुधार करना [to ~ oneself], 3 फिर पैदा करना या होना [He must ~ his self-respect; polypus ~s after extraction]

regenerate^{2} रि-जे॑न-रट *a* 1 जिसमें नये जीवन का संचार हो रहा हो, पुनरुज्जीवित, सुधरा हुआ, 2 पुनरुत्पन्न, पुनर्जीवित

regeneration रिजे॑न-रेशन *n* 1 पुनरुज्जीवन, नवजीवन-संचार, पुनरुत्थान, 2 आध्यात्मिक उन्नति, सुधार, 3 पुनरुत्पादन, पुनर्जनन

regenerative रि-जे॑न-र-टिव *a* 1 पुनरुज्जीवित करने वाला, पुनरुद्धार करने वाला, 2 पुनरुत्पादक, पुनर्जनक

regenerator रि-जे॑न-रेटर *n* 1 पुनरुद्धारक, सुधारक, 2 पुनरुत्पादक, 3 भट्ठी में तापसह ईंटों वाला कक्ष (जिससे ईंधन की बचत होती है)

regenesis री-जे॑निसिस *n* पुनरुत्पत्ति

regent रीजन्ट *n* & *a* (राजा की अल्पवयस्कता या अनुपस्थिति आदि में) शासन चलाने वाला, स्थानापन्न शासक, प्रतिशासक; *a* (following *n*) शासन करने वाला, शासक, शासिका [Prince R~, Queen R~]

regicidal रे॑जि-साइडल *n* राजहत्या का

regicide रे॑जिसाइड *n* 1 राजा की हत्या करने (में भाग लेने) वाला, राजघातक, 2 राजवध, राजहत्या

regime रेश़ीम *n* 1 शासन, राज्य, हुकूमत, 2 शासन-काल, शासनपद्धति, 3 व्यवस्था, पद्धति, विधि, नियम; 4 दशा या हालत (जिसमें कोई वैज्ञानिक या औद्योगिक प्रक्रिया होती हो)

regimen रे॑जिमन *n* 1 *med* व्यायाम एवं रहन-सहन और विशेषत: आहार संबंधी नियम; पथ्यापथ्य-नियम, पथ्यापथ्यविधान, 2 *gram* वाक्य में शब्दों का परस्पर संबंध, (in Skt.) कारक-प्रक्रिया

regiment रे॑जिमन्ट *n* & *vt* 1 शासन, हुकूमत, 2 लफ़्ट॰ कर्नल के अधीन जत्था जिसमें दो या अधिक बटालियनें होती हैं, रेजिमेंट; 3 (often in *pl*) बहुत बड़ी संख्या, अपार जनसमुदाय; *vt* (कार्यकर्ताओं, श्रमिकों आदि को) विशेष पद्धति के अनुसार संगठित करना, कठोर नियमों के बन्धन में रखना, कठोर अनुशासन में रखना, अनुशासनबद्ध करना; ~ed instruction एकरूप शिक्षा; **regimental** *a* रेजिमेंट का

regimentation रे॑जिमे॑न्टेशन *n* कठोर अनुशासन-बद्ध व्यवस्था; विबन्धन, ~ of thought विचार-स्वातन्त्र्य पर रोक, विचार-विबन्धन

Regina L रिजाइन: *n* (*abbr* R) शासिका महारानी

region रीजन *n* 1 भूभाग (जिसकी सीमाएं लगभग निश्चित हों), प्रदेश, इलाका [a desert, fertile, ~]; border ~ सीमा प्रदेश, अंचल, 2 **the nether** *or* **lower ~s** नरक, प्रेतलोक, यमलोक; पाताल; **the upper ~s** आकाश; स्वर्ग, 3 (शरीर के अंग के) आस-पास का स्थान या स्थल या जगह [abdominal ~], 4 *fig* क्षेत्र [The ~ of metaphysics]; **in the ~ of** के लगभग

regional रीजनल *a* क्षेत्रीय, प्रादेशिक, इलाकाई

regionalism रीज-न-लिज़म *n* प्रादेशिकता (की भावना), क्षेत्रीयता, प्रांतीयता

register^{1} रे॑जिस्टर *n* 1 पंजी, बही, रजिस्टर; 2 सूची [~ of births, marriages, voters], 3 (बाजे में) स्वर ठीक करने का उपकरण, सरकन, 4 स्वर-आयाम, स्वर-विस्तार, स्वर-स्तर, 5 भट्टी आदि में छिद्र को छोटा-बड़ा करने की प्लेट (जिससे वायु-प्रवाह कम या अधिक किया जाता है), 6 (गति, शक्ति आदि का) सूचक(-यन्त्र), 7 *print* वरक के

दोनों ओर की छपाई की अनुरूपता, मेल, 8 ~ **office**=registry, 2

register^2 *vt* & *i* **1** (नाम, तथ्य, घटना आदि) लिख लेना या लिखाना, पंजीबद्ध करना या कराना, दर्ज करना या कराना [to ~ a birth etc], **2** *fig* स्मृति-पटल या मस्तिष्क में अंकित करना या हो जाना, **3** रजिस्टर पर चढ़ाना, to ~ a letter पत्र को रजिस्ट्री करना या कराना, **4 to ~ (oneself)** मतदाता-सूची में नाम लिखवाना, **5** (of instrument) बतलाना, दिखाना; Production has ~ed an increase उत्पादन में वृद्धि हुई है, **6** (भावना) व्यक्त करना, झलकना [His face ~ed disappointment, surprise, etc], **7** *Print* (see prec 7) मिलना, मिलाना

registered रे॑जिस्टर्ड *a* पंजीकृत, रजिस्ट्री किया हुआ

registrar रे॑जिस्ट्रार *n* **1** पंजीकार, पंजीयक, रजिस्ट्रार, **2** (विश्वविद्यालय का) कुल-सचिव, रजिस्ट्रार, **3** *law* रजिस्ट्रार; **R~ General** (जनगणना का) महापंजीकार

registration रे॑जिस्-ट्रेशन *n* **1** दर्ज करना, इन्दराज करना, पंजीकरण, पंजीयन, **2** *law* रजिस्ट्रीकरण, **3 ~ mark** (मोटरगाड़ी का) नंबर (*e.g.* DLY 4242)

registry रे॑जिस्ट्रि *n* **1** पंजीकरण, **2** पंजीकार्यालय, **3** सिविल विवाह (कराने) का दफ़्तर; to be married at a ~ धार्मिक संस्कार के बिना विवाह करवाना, सिविल विवाह करवाना

reglet रे॑ग्लिट *n* (*print*) (टाइप की लाइनों के बीच रखने की) पतली पट्टी, पट्टिका

regorge रिगॉर्ज *v* & *i* **1** उगलना, **2** (गड्ढे, नाले आदि से) निकल कर उमड़ना, उल्टा बहना

regress^1 रीग्रे॑स *n* **1** पीछे हटना या जाना, प्रतिगमन, पश्चगमन, **2** अवनति, अपकर्ष

regress^2 रि-ग्रे॑स *vi* पीछे हटना या जाना, प्रतिगमन करना

regression रि-ग्रे॑शन *n* **1**=regress^1 *n*, 1 & 2, **2** (रोग की) आवृत्ति, **3** *geom* (वक्र का) पीछे मुड़ना

regressive रि-ग्रे॑सिव *a* **1** पीछे की ओर (ले) जाने वाला, अवनतिकारी, पश्चगामी, **2** क्रमशः घटता हुआ, अवरोही [~ taxation]

regret^1 रि-ग्रे॑ट *vt* **1** दुःख या खेद या अफ़सोस होना, **2 I ~ to inform you that . . .** मुझे यह बताते हुए दुःख होता है कि · · ·; मैं बड़े खेद के साथ आपको सूचित कर रहा हूं कि · · ·; **3** पछताना, पश्चात्ताप करना [I ~ having told a lie]

regret^2 *n* **1** (व्यक्ति के चले जाने, वस्तु के खो जाने पर) दुःख, शोक, रंज, अफ़सोस, खेद, **2** (कोई काम कर बैठने या न करने पर) पश्चात्ताप, अफ़सोस, खेद [I have no ~s]; **3 to express ~ for** (one's misbehaviour, etc) के लिए क्षमा मांगना या खेद व्यक्त करना; **~ful** *a* (of person) **1** दुःखी, खेद व्यक्त करने वाला, खेदयुक्त, **2** पछताने वाला, अनुतप्त; **~fully** *adv* दुःख या खेद के साथ

regrettable रि-ग्रे॑ट-बल *a* (of event, fact) दुःखद, खेदजनक, शोचनीय [~ decision, ~ riots]

regular रे॑ग्युलर *a* & *n* **1** नियत समय पर होने वाला या होता रहने वाला, नियत, नियमित, ~ session नियत या नियमित या साधारण सत्र; at ~ intervals (see interval), **2** ठीक ढंग से काम करने वाला, **3 to keep ~ hours** नित्य प्रति उसी समय पर वही काम करना; एक-सा, एकसमान [~ progress]; **4** नित्य प्रति का, प्रतिदिन का [my ~ bed-time], **5** (of person) नियमनिष्ठ; **a ~ life** नियमित या सुव्यवस्थित (वि० संयत या मर्यादित) जीवन, **6** विधिवत्, यथाविधि, यथारीति, बाकायदा [I had no ~ introduction]; नियमित, नियमानुसार, ठीक, उचित [The attitude of the Foreign Office has been quite ~], **7** उपाधि-प्राप्त, पेशेवर [a ~ doctor]; व्यवसायी, पेशेवर [a ~ cook, soldier]; स्थायी, पक्का [~ profession, staff, students, etc], **~ army** *or* **soldiers** स्थायी सेना या सैनिक (opp volunteers or militia), **8** (of shape or object) सम, सम्मित, सुडौल; *geom* समभुजीय, समभुजकोणीय; **9** *colloq* पूरा-पूरा, सरासर [He is a ~ rascal]; *n* (usu in *pl*) **1** स्थायी सैनिक, **2** *colloq* स्थायी कर्मचारी; **~ly** *adv* **1** नियमित रूप से, नित्यप्रति; यथासमय; **2** यथाविधि

regularity रे॑ग्यु-लैरिटि *n* **1** नियत समय पर होना या होता रहना, नित्य प्रति होना, **2** नियम का पालन, नियमानुवर्तन, नियमभंग न करना; नियमनिष्ठा, नियमितता

regularization रे॑ग्यु-लराइ-ज़ेशन *n* (see foll) नियमन; वैधीकरण

regularize रे॑ग्युलराइज़ *vt* **1** नियमित या व्यवस्थित करना, **2** वैध करना या बनाना [to ~ the unauthorized residential colonies], **3** स्थायी या पक्का करना

regulate रे॑ग्युलेट *vt* **1** नियमानुसार चलाना, नियमित करना, नियन्त्रित करना, नियमन करना, (कार्यवाही के) नियम स्थिर करना, **2** आवश्यकतानुसार घटाना-बढ़ाना [to ~ speed]; परिमित करना [to ~ diet], **3** (यन्त्र, घड़ी आदि की) गति ठीक करना

regulation रे॑ग्यु-लेशन *n* & *a* **1** नियमन, नियमबद्ध करना, **2** नियम, विनियम, विधान, कायदा, कानून [Hospital ~s]; *a* विहित आकार या नमूने का, मानक [a ~ sword, revolver, etc]

regulative रे॑ग्यु-ल-टिव *n* नियमित करने वाला, ठीक करने वाला, नियामक, नियन्त्रक

regulator रेॅग्युलेटर *n* 1 नियमित करने वाला (व्यक्ति), नियामक, विनियामक, 2 यन्त्र की गति को घटाने-बढ़ाने का उपकरण, नियन्त्रक

regulus रेॅग्युलस *n* 1 *chem* (खनिज को गला कर निकाला हुआ) शुद्धप्राय धातु; 2 **R~** (*astron*) मघा नक्षत्र

regurgitate री-गर्जिटेट *vi & t* 1 (of liquid etc) ज़ोर से उल्टा बह निकलना, उमड़ना, 2 *vt* (of stomach or receptacle) उगलना, बाहर निकाल देना; **regurgitation** *n* वमन, उद्गिरण, उत्क्षेप

rehabilitate री-ह-बिलिटेट *vt* 1 फिर से पहली हालत में लाना, फिर काम पर लगाना, फिर पहले पद पर नियुक्त करना, बहाल करना, 2 फिर (अधिकार) दिलाना, पुन:प्रतिष्ठित करना, 3 (बेघर हुए लोगों को) फिर से बसाना, 4 (उद्योग-धंधों को) पुन: स्थापित करना, काम करने लायक बनाना, फिर चालू करना

rehabilitation री-ह-बिलि-टेशन *n* 1 पुनर्नियोजन, पुनर्नियुक्ति, बहाली, 2 पुन: प्रतिष्ठा, 3 पुनर्वास, पुनरवास, 4 (of industry) पुन: स्थापना

rehash री-हैश *vt & n* पुरानी (साहित्यिक) सामग्री को नये रूप में प्रस्तुत करना, नया रूप देना; *n* नया रूप

rehear री-हिअर *vt* (मामले की) दोबारा सुनवाई करना

rehearsal रि-हर्सल *n* 1 आद्योपान्त वर्णन, आवृत्ति, 2 (नाटक आदि का) पूर्वाभ्यास, रिहर्सल; **dress ~** (see dress^{2})

rehearse रि-हर्स *vt* 1 आदि से अन्त तक सुनाना, आद्योपान्त सुनाना, दोहराना, सविस्तर वर्णन करना, विवरण देना, 2 (नाटक आदि का) पूर्वाभ्यास करना

Reich G राइक, राइख़ *n* जर्मन गणराज्य, **Third ~** नाज़ी-शासित जर्मनी 1933-45

Reichstag G राइक्स्टाक *n* जर्मन संसद्

reify री-इफ़ाइ *vt* मूर्त रूप देना, साकार करना

reign^{1} रेन *n* 1 प्रभुत्व, आधिपत्य; राज्य, शासन, हुकूमत; **~** of terror (क्रान्तिकारियों द्वारा) मार-काट, खून-ख़राबी, हिंसा का राज्य, घोर अत्याचार, 2 राजत्व काल, दौर, ज़माना **[in, under, the ~ of]**

reign^{2} *vi* 1 राज्य या शासन या हुकूमत करना [to **~ over a country**]; 2 खूब प्रचलित होना, फैल जाना, दौर-दौरा होना, बोलबाला होना [Corruption, silence, reigns], **~ing beauty** सामयिक विश्वसुन्दरी

reimburse री-इम्-बर्स *vt* (किसी के द्वारा ख़र्च किया हुआ रुपया उसे) देना, अदा करना [to ~ s.o.; to ~ s.o. his expenses], प्रतिपूर्ति करना; **~ment** *n* अदायगी, वापसी, प्रतिपूर्ति

reimport री-इम्पॉर्ट *vt* (निर्यात किये हुए माल का) आयात करना, पुनरायात करना

rein रेन *n & vt* 1 (in *sing* or *pl*) बाग, बाग-डोर, लगाम, रास, 2 *fig* बागडोर, नियन्त्रण, **to assume, drop, the ~s of govt.** शासन की बागडोर संभालना; शासन छोड़ देना, 3 **to draw rein** (i) लगाम खींचना, (ii) रुक जाना, प्रयत्न छोड़ देना, (iii) व्यय कम करना, 4 **to give (free) rein(s)** to (one's imagination, etc) (कल्पना आदि को) स्वैरविहार करने देना; खुला छोड़ देना; **to keep a tight ~ on s.o.** काबू में रखना, कम आज़ादी देना; *vt* 1 लगाम खींचना [to ~ **in** a horse], 2 *fig* काबू में रखना, रोकना [to ~ s.o. **in**]; 3 to ~ up a horse घोड़े को रोक लेना

reincarnate *vt* री-इन्कार्नेट, *a* री-इन्-कार्निट; 1 का पुनर्जन्म होना; 2 पुनर्जन्म लेने वाला, अवतारी

reincarnation री-इन्कार्-नेशन *n* 1 नया अवतार, 2 पुनर्जन्म; नया शरीर

reindeer रेन्डिअर *n* (ध्रुव-निकटवर्ती प्रदेश में पाया जाने वाला) एक प्रकार का हिरन, रेण्डियर; (*pl* usu same) [A herd of ~]

reinforce री-इन-फ़ॉर्स *vt* 1 आदमियों की संख्या या सामग्री आदि की मात्रा बढ़ाकर मज़बूत करना [to ~ the party, provisions, etc], 2 to ~ an army (सैनिकों की संख्या बढ़ा कर) सेना को मज़बूत करना; सेना को कुमुक या सहायता भेजना; 3 to ~ an argument (और तथ्य प्रस्तुत करके) तर्क को प्रबल या ज़ोरदार बनाना; 4 दृढ़ करना, प्रबलित करना; **~d concrete** तार, सरिया आदि डालकर मज़बूत की गई कंक्रीट, प्रबलित कंकरीट

reinforcement री-इन्फ़ॉर्स्मन्ट *n* 1 बल बढ़ाना, बलवर्धन, प्रबलन, प्रबलीकरण [~ of a garrison], 2 (often in *pl*) कुमुक, सहायता, सहायक सेना, 3 दृढ़ीकरण, दृढ़ करने वाली वस्तु

reinsert री-इन्-सर्ट *vt* फिर (अन्दर) डालना

reinstate री-इन्-स्टेट *vt* 1 फिर पहले पद पर नियुक्त करना, बहाल करना, फिर पूर्ववत् अधिकार देना, 2 (वस्तु को) फिर पहली जगह पर रखना, पुन: स्थापित करना; **~ment** *n* 1 बहाली, 2 पुन: स्थापन

reinsurance री-इन्शुअरन्स *n* (see foll) पुनर्बीमा

reinsure री-इन्-शुअर *vt* बीमाकर्ता द्वारा बीमे के माल की ज़िम्मेवारी दूसरे पर डालना, पुनर्बीमा करना

reinvest री-इन्वेॅस्ट *vt* 1 एक जगह से (पूंजी) निकाल कर दूसरी जगह पर लगाना, पुनर्निवेश करना, 2 पुन:प्रदान करना [to ~ with a privilege etc]

reinvigorate री-इन्विगरेट *vt* 1 फिर पहले की सी शक्ति प्रदान करना, 2 (धातु को) और कड़ा करना

reissue री-इशु *vt & n* 1 (शेयर, नोट आदि)

दोबारा जारी करना, 2 (पुस्तक, पत्रिका) फिर छापना; *n* पुन:मुद्रित ग्रंक, नया संस्करण

reiterate री-इटरेट *vt* फिर कहना, दोबारा कहना, दोहराना, बार-बार कहना; **reiteration** *n* पुनरावृत्ति; **reiterative** *a* 1 बार-बार कहने वाला, 2 पुनरावृत्ति का

reject^1 रि-जे`क्ट *vt* 1 हटा देना, निकाल देना, छोड़ देना, न लेना [to ~ a candidate]; 2 (पेशकश, प्रस्ताव आदि) अस्वीकार करना, नामंजूर करना [to ~ an article etc]; (सिद्धान्त आदि का) खंडन करना, निराकरण या प्रत्याख्यान करना; (सलाह आदि) न मानना, 3 वमन करना, उल्टी करना

reject^2 *n* 1 (नौकरी आदि के लिए) अस्वीकृत व्यक्ति, 2 अस्वीकृत लेख, 3 घटिया माल (जो सस्ता बेचा जाता है)

rejectamenta रिजे`क्ट-मे`न्ट: *n pl* 1 रद्दी माल, कूड़ा-करकट, 2 जहाज़ से फेंका हुआ माल, 3 मल, विष्ठा

rejection रि-जे`क्शन *n* 1 हटाना या हटा दिया जाना, 2 (प्रस्ताव आदि की) अस्वीकृति, अस्वीकरण, नामंजूरी, ~ **slip** अस्वीकृति (की सूचना देने की) पर्ची; (सिद्धान्त आदि का) खंडन, निराकरण, प्रत्याख्यान, 3 रद्द किया जाना, रद्दगी

rejig री-जिग *vt* (-gg-) (कारखाने में) नया साज़-सामान लगाना

rejoice रि-जॉ`इस *vt* & *i* 1 खुश करना [The news ~d him; he was ~d to hear it], 2 *vi* खुश होना, आनन्दित होना [to ~ at, over, sth; to ~ to do sth]; I ~ that . . . मुझे इस बात की खुशी है कि · · ·, 3 आनन्द मनाना, खुशियां मनाना; **rejoicings** *n pl* उत्सव, खुशियां, रंगरलियां

rejoin^1 रि-जॉ`इन *vi* & *t* 1 जवाब देना, उत्तर देना, प्रत्युत्तर देना, 2 *law* (वादी द्वारा प्रतिवादी के) प्रत्युत्तर का उत्तर देना, जवाब-दावे का जवाब देना

rejoin^2 री-जॉ`इन *vt* & *i* 1 फिर से जोडना या जुड़ना, फिर से मिलाना या मिलना, 2 फिर से मिल जाना, जा मिलना [to ~ one's companion, unit, regiment, etc]

rejoinder रि-जॉ`इन्डर *n* (f. rejoin^1) उत्तर, प्रत्युत्तर, जवाब, *law* जवाब-दावा

rejuvenate रि-जूव-नेट *vt* & *i* फिर से जवान बनाना या हो जाना, कायाकल्प करना या होना [re + *L* juvenis, *Skt* युवन्]; **rejuvenation** *n* पुनर्योवन, कायाकल्प; **rejuvenator** *n* फिर जवान बना देने वाला; **rejuvenesce** रिजूव-ने`स *vi* & *t* 1 फिर से युवा होना, 2 (*biol*, of cells) फिर से जान आना या डालना; **rejuvenescence** रिजूव-ने`सन्स *n* 1 पुनर्योवनसंचार, 2 पुनर्जीवनसंचार **rejuvenescent** रिजूव-ने`सन्ट *a* 1 पुन: युवा होने वाला, 2 *biol* जिसमें फिर से जान आ गई हो

rekindle री-किन्डल *vt* & *i* 1 (आग, दीपक) फिर से जलाना या जलना, 2 (आशा आदि) फिर से जागृत करना या होना

relapse रि-लै`प्स *vi* & *n* 1 फिर से बुरी हालत या बुरे काम में फंसना [to ~ **into** crime, sin, heresy, indolence, etc], फिर से पतित होना, 2 फिर से बीमार पड़ना; **relapsing fever** पुनरावर्ती ज्वर; *n* 1 पुन:पतन; 2 (रोग का) फिर से होना, आवर्तन, पुनरावर्तन, कुछ ठीक होकर फिर से बीमार पड़ना [to have a ~]

relate रि-लेट *vt* & *i* 1 बयान करना, वर्णन करना, बताना, सुनाना, 2 संबंध स्थापित करना, संबंध बताना [to ~ one fact **with**, **to**, another; to ~ two facts], 3 in *pp* संबंध होना, रिश्ता होना, संबंधित होना [He is ~d to the royal family], 4 *vi* के बारे या विषय में होना [This ~s to me]; ~**r** *n* वर्णन करने वाला, सुनाने वाला, वक्ता

related रि-लेटिड *a* 1 संबंधित, संबद्ध [~ ideas], 2 संबंध या रिश्ता रखने वाला, संबंधी, रिश्तेदार [He is ~ to me]

relating रि-लेटिङ्ग *a* से संबंधित, के बारे में [information ~ to this]

relation रि-लेशन *n* 1 वर्णन, वृत्तान्त, 2 संबंध, नाता, रिश्ता, सगोत्रता, 3 संबंधी, रिश्तेदार, सगोत्र [Is he any ~ to you? What ~ is he to you?], 4 संबंध, वास्ता, लगाव [to bear a ~ to], 5 in *pl* (किसी प्रकार का) संबंध [business ~s]; ~**ship** *n* 1 संबंधित होने का भाव, संबद्धता, संबंध [~ **between** two things], 2 संबंधी होने का भाव, संबंध, रिश्ता [blood ~]

relative रे`ल-टिव *a* & *n* 1 तुलनात्मक, Let us consider their ~ merits उनके गुणों की तुलना कर के देखें; 2 अपेक्षाकृत, पहले की अपेक्षा (अधिक), दूसरों से अधिक [They live in ~ luxury], 3 आनुपातिक, के अनुपात से, के अनुरूप [Supply is ~ to demand], 4 सापेक्ष, आपेक्षिक, दूसरे पर आश्रित या आधारित [Beauty is ~ to the beholder's eye], ~ motion आपेक्षिक गति, 5 अन्योन्याश्रयी, अन्योन्याश्रित, 6 प्रासंगिक, संबंधित [the facts ~ to the matter], 7 *gram* संबंधसूचक, संबंधवाचक [~ pronoun, adjective], *n* संबंधी, रिश्तेदार, नातेदार; ~**ly** *adv* अपेक्षाकृत, के मुकाबले में

relativity रे`ल-टिविटि *n* 1 सापेक्षता, आपेक्षिकता, 2 *philos* आइन्स्टाइन (Einstein) का सापेक्षता-सिद्धान्त, (जिसमें गति को आपेक्षिक माना गया है), आपेक्षिकी

relax रि-लैक्स *vt* & *i* 1 ढीला करना [to ~ the bowels, the muscles, one's hold], शिथिल करना [to ~ the discipline]. कम या मन्द करना [to ~ one's efforts], नरम करना

[to ~ a rule]; ~**ing climate** शिथिलता लाने वाली जलवायु (opp. bracing); **2** (अप्रिय स्थिति को) ख़तम करना, to ~ the curfew (कुछ समय के लिए) कर्फ़्यू उठा या हटा देना (also see curfew 3], **3** to relax the mind मनोविनोद करना; (in *pp*) **relaxed** चिन्ता या घबराहट या तनाव से मुक्त; बड़े आराम से; **4** *vi* ढीला या शिथिल होना, नरम पड़ना, कम या मन्द होना [his muscles, hands, hold, endeavours, ~ed; he did not ~ in his efforts], **5** विश्राम या आराम करना [Let's ~ for an hour]

relaxation रीलैक्-सेशन *n* **1** शिथिलता, ढील, ढिलाई, **2** नरमी [~ of a rule], छूट, रियायत [~ of penalty], **3** काम बन्द करना, विराम, विश्राम, आराम [to take some ~]; **4** मनोविनोद (का साधन) [Painting is my favourite ~]

relay रीले *n*, री-ले *vt* **1** (पड़ाव-पड़ाव पर बदलने के लिए) नये घोड़े या आदमी, नई टोली, नई सामग्री; **relay race** ऐसी दौड़ जिसमें हर पड़ाव या चौकी पर पहला धावक रुक जाता है और नया धावक दौड़ शुरू करता है, चौकी-दौड़, **2** *teleg* दूर से आने वाली अत एव मन्द धारा को पुन: प्रबल करने का यन्त्र, रिले, **3** (Radio) अन्य केन्द्र से प्रसारित कार्यक्रम का पुन: प्रसारण; सह-प्रसारण, ~ **station** सह-प्रसारण केन्द्र; *vt* **1** पड़ाव-पड़ाव पर नये आदमी लगाना, **2** (सन्देश आदि) आगे भेजना, **3** (Radio) पुन: प्रसारित करना, रिले करना; ~**ing station** सहप्रसारण केन्द्र, रिले-केन्द्र

re-lay री-ले *vt* (re-laid) फिर से रखना या लगाना, फिर से बिछाना [to ~ a railway line]

release^1 रि-लीस *vt* **1** रिहा करना, मुक्त करना, छोड़ देना, **2** छुटकारा देना [to ~ s.o. **from** an obligation], **3** (*law*) to ~ a debt ऋण छोड़ना या माफ़ करना; to ~ a right अधिकार त्यागना; to ~ a property जायदाद (दूसरे को) दे देना, हस्तान्तरित करना, **4** (चल-चित्र) प्रदर्शन के लिए बांट देना, (वक्तव्य) प्रकाशन के लिए देना, प्रकाशित करना, जारी करना. **5** (गैस, ऊर्जा आदि) छोड़ना, निकालना, **6** (पुस्तक का) विमोचन करना

release^2 *n* **1** (क़ैद से) रिहाई, मुक्ति, **2** (कष्ट, ज़िम्मेवारी, बंधन, ऋण से) छुटकारा, निस्तार, छुट्टी, **3** (ऋण की अदायगी की) रसीद, **4** (गैस आदि का) निकलना, निर्मुक्ति, **5** (अधिकार या जायदाद का) हस्तान्तरण, हस्तान्तरण-पत्र, **6** (यन्त्र आदि का) कुत्ता, घोड़ा, **7** (पुस्तक का) विमोचन

relegate रेॅलिगेट *vt* **1** (काले पानी आदि दूर देश में) भेज देना, (दूर स्थान में) रख देना, **2** हीन स्थिति या दर्जा देना [to ~ one's wife to the position of a servant], **3** (निर्णय या निष्पादन के लिए) सौंपना, सपुर्द करना [to ~ a matter to s.o.]; **relegation** *n* निर्वासन; पदावनति; सपुर्दगी

relent रि-लेॅन्ट *vi* **1** अपनी कठोरता या उग्रता कम करना, नरम पड़ना, पसीजना, दया करना, दयार्द्र या द्रवित होना [to ~ towards s.o.]; ~**less** *a* कठोर, निष्ठुर, उग्र, निर्दय, निर्दयतापूर्ण, **2** निरन्तर, अनवरत, लगातार [~less persecution], ~-**lessness** *n* कठोरता, निष्ठुरता, निर्दयता

relevance,-cy रेॅलिवन्स,-सि *nn* (f. relevant) **1** संबध, सम्बद्धता, **2** प्रासंगिकता

relevant रेॅलिवन्ट *a* **1** संबंधित, संबद्ध [all ~ information, documents], **2** प्रासंगिक, (सु)-संगत [~ to]

reliability रिलाइअ-बिलिटि, **reliableness,** *nn* (see foll) विश्वसनीयता

reliable रि-लाइअबल *a* **1** भरोसे के लायक, विश्वसनीय, विश्वस्त [~ witness, information], पक्का [~ news], **2** ठीक (काम करने वाला) [~ machine]

reliance रि-लाइअन्स *n* **1** विश्वास, भरोसा, एतबार [to feel, have, place, ~ **upon** s.o.], **2** वस्तु जिसका सहारा लिया जाये, सहारा, आसरा, अवलम्ब [The well is our chief ~]; **reliant** *a* विश्वास करने वाला, विश्वासी; आश्रय लेने वाला, आश्रयी

relic रेॅलिक *n* **1** दिवंगत सन्त-महात्मा की अस्थि या कोई अन्य वस्तु जो पूजा के लिए रख ली जाये, स्मृतिचिन्ह, यादगार, निशानी, **2** in *pl* शव, **3** in *pl* अवशेष, भग्नावशेष, खंडहर, **4** प्राचीन काल या प्रथा आदि की निशानी [~s of the past, a ~ of a custom, belief, etc]

relict रेॅलिक्ट *n* (*law*) विधवा [~ of s.o.; his ~]; प्राचीन युग से उसी रूप में चला आ रहा प्राणी या पौधा, अवशेष, अवशिष्ट

relief^1 रि-लीफ़ *n* **1** (कष्ट या चिन्ता आदि से) मुक्ति; छुटकारा, निवारण, शांति; **2** आराम, सुख, चैन, राहत [The medicine brought ~]; **to heave a sigh of** ~ सुख या आराम की सांस लेना; **3** एकविधता या उकताहट दूर करने वाली चीज़, विविधता, भिन्नता, नई बात, **4** (आपद्ग्रस्त लोगों को दी जाने वाली) आर्थिक सहायता, राहत, मदद, ~ **fund** सहायता-कोश; ~ **train** सहायता-गाड़ी; ~ **work** बेकार लोगों को रोज़गार दिलाने के लिए निर्माण-कार्य, सहायता-निर्माणकार्य, **5** *mil* घिरे हुए नगर का घेरा उठाना, (घेरा उठाने के लिए भेजी गई) कुमक, **6** (एक व्यक्ति की बारी समाप्त होने पर उसका) एवज़ी लगाना; एवज़, एवज़ी, बदल; **7** *law* शिकायत दूर करना, (कष्ट-)निवारण

relief^2 *n* **1** उभरे हुए (high ~) या धंसे हुए (low ~) बेल-बूटे या चित्र बनाने की कला, उद्भृति, in **high** ~ उच्च उद्भृत, in **low** ~ निम्न उद्भृत; **2** उभरा हुआ या धंसा हुआ चित्र, **3**

रंग भरने का वह तरीका जिससे मूल-वस्तु की उभरी हुई या धंसी हुई जगहें चित्र में भी वैसी ही लगें; **relief map** धरातल की ऊंचाई-निचाई बताने वाला नक्शा, उभारदार नक्शा, उद्भृत मानचित्र, उच्चावच मानचित्र; 4 स्पष्टता [The snow-covered peaks stand out in ~ against the dark sky] (see foll, 7)

relieve रि-लीव *vt* 1 (कष्ट आदि) कम करना, निवारण करना [to ~ distress], (चिन्ता आदि से) मुक्त करना, आराम या सुख या चैन या शांति देना [I am much ~d to hear it]; 2 **to ~ one's feelings** कटु शब्द बोल या गरज कर दिल का उबाल निकालना, 3 सहायता या मदद करना या देना, मदद को आना, 4 (चिन्ता, दायित्व, आदि से) मुक्त करना [to ~ s.o. **of** anxiety, **of** an obligation], किसी का बोझ स्वयं उठा लेना [to ~ s.o. of a burden]; (*joc*) to ~ s.o. **of his purse** किसी का बटुआ उड़ा लेना; 5 *mil* (घिरे हुए नगर का) घेरा उठाना, 6 कार्यमुक्त करना, छुट्टी देना, किसी का काम संभालना, 7 *art* स्पष्ट करके या अलग-सा दिखाना (esp. in *pp*, ~d **against** a dark background), 8 **to ~ oneself** पेशाब या शौच करना

relieved रि-लीव्ड *a* कार्यभार से मुक्त होने वाला, ~ **officer** भारमुक्त अधिकारी

relieving रि-लीविङ्ग *a* कार्यभार संभालने वाला, ~ **officer** भारग्राही अधिकारी

relievo रि-लीवो *n* **alto** ~ = high relief उभरे हुए बेल-बूटे आदि; **basso** ~ = low relief खुदे हुए बेल-बूटे

religion रि-लिजन *n* 1 धर्म, मत, मजहब *e.g.* Hinduism, Islam, Christianity, etc; freedom of ~ कोई-सा धर्म अपनाने की स्वतन्त्रता, धार्मिक स्वतन्त्रता, 2 धार्मिक विश्वास, ईश्वर-विश्वास, आस्तिकता; 3 मुनि-जीवन, भिक्षु-जीवन, मठ में रहने वाले साधु या साध्वी का जीवन [to enter into, be in, ~], 4 धार्मिक कर्तव्य, अवश्यकरणीय बात [to make a ~ of doing physical exercise etc]; ~**ism** *n* अतिशय धार्मिक उत्साह

religiose रि-लिजिओस *a* धर्मान्ध; **religiosity** *n* अतिधार्मिकता, धर्मान्धता

religious रि-लिजस *a* & *n* 1 धार्मिक, धर्मपरायण, पापभीरु, भक्त, 2 (of book, place, etc) धर्म-, धार्मिक, धर्मसंबंधी, 3 ईमानदारी का, कर्तव्यनिष्ठा का [with ~ care, exactitude, etc]; *n* (*pl* same) मुनिजीवन में दीक्षित व्यक्ति, भिक्षु, भिक्षुणी [He, she, is a ~]; ~**ly** *n* धर्मपरायणता से, ईमानदारी से, शुद्ध मन से, कर्तव्यनिष्ठा से; ~**ness** *n* 1 धार्मिकता, धर्मपरायणता, 2 कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी

relinquish रि-लिंक्विश *vt* 1 छोड़ना, त्याग देना [to ~ a habit, hope, belief, right, property, etc]; 2 (पकड़ी हुई चीज़ को) छोड़ना, जाने देना, हाथ से निकलने देना; ~**ment** *n* (जायदाद, अधिकार आदि का) त्याग, परित्याग

reliquary रेॅलिक्वरि *n* अवशेष (रखने का)-पात्र, अस्थिपात्र (see relic, 1)

reliquiae रि-लिक्वि-ई *n pl* 1 अवशेष, 2 (*geol*) प्राणियों या वनस्पतियों के प्रस्तरीभूत अवशेष, 3 *bot* टहनी पर सूखे हुए पत्तों का शेषांश, जैवावशेष

relish^1 रेॅलिश *n* 1 स्वाद, मज़ा, सुगंध, सुवास, महक [~ of a dish], 2 आकर्षण [The ~ of novelty], स्वाद, मजा [Food has no ~ when one is ill], 3 भूख बढ़ाने वाली चीज़, नमक-मिर्च, मसाला, चटनी, 4 रुचि, चाव, मज़ा [to eat, read, sth with great ~]; **to have a relish for sth** रुचि या चाव या शौक होना

relish^2 *vt* & *i* 1 स्वादिष्ट या चटपटा बनाना, 2 स्वाद या रस या मज़ा लेना [to ~ a dish], 3 में रुचि होना [to ~ poetry], पसन्द करना [to ~ the idea; to ~ doing sth]; *vi* का स्वाद होना, की गंध होना [to ~ of sth); ~**able** *a* मज़ेदार, आनन्ददायक

relive री-लिव *vt* अतीत घटना या जीवन का (वि० कल्पना में) पुन: आनन्द लेना, पुन: अनुभव करना

relocate री-लकेट *vt* & *i* 1 पुन: स्थापित करना, 2 अन्यत्र स्थापित करना, 3 *vi* रिहाइश या काम-धंधे के लिए दूसरे इलाके में चले जाना; स्थान बदलना

reluctance रि-लक्टन्स *n* अनिच्छा, बेदिली, अरुचि, विरोध

reluctant रि-लक्टन्ट *a* 1 जिसकी इच्छा या मर्ज़ी न हो, अनिच्छुक [~ to do sth]; 2 बेदिली का, इच्छा के प्रतिकूल [gave me ~ assistance]; ~**ly** *adv* अनिच्छा से, न चाहते हुए, बेदिली से

relume रि-ल्यूम *vt* (*poet*) फिर से (दीपक आदि) जलाना; फिर से चमकाना

rely रि-लाइ *vt* 1 सहारा लेना, भरोसा रखना [to ~ **on** s.o (to do sth); to ~ **on** s.o.'s help], 2 विश्वास करना [to ~ **on** s.o.'s evidence]

remain रि-मेन *vi* 1 बाकी बचना, बच रहना, शेष रहना, रहना [Much ~s to be done], 2 बना रहना, कायम रहना [The objection ~s; This visit will always ~ in my memory], 3 टिकना, ठहरना, 4 (उसी स्थान या स्थिति में) रहना [to ~ at home, to ~ sitting]; रह जाना [My luggage ~ed on the platform]; ~**ing** *a* शेष, बाकी

remainder रि-मेन्डर *n* 1 शेष, बाकी, 2 बची-खुची चीज़, 3 (*collect*) the remainder बाकी लोग, 4 *law* जायदाद के उत्तराधिकारी के अतिरिक्त

दूसरे व्यक्ति को दिया गया कुछ अधिकार, शेषाधिकार [The estate is left to A with remainder to B]

remains रि-मेन्ज *n pl* 1 बची हुई चीज़, अवशेष, [the ~ of a meal, building, etc], 2 प्राचीन काल या प्रथा की निशानी = relic(s); 3 (दिवंगत लेखक के) अपूर्वप्रकाशित ग्रन्थ [literary ~], 4 **mortal remains** शव, लाश

remand रि-मान्ड *vt* & *n* (और जांच करने के विचार से अभियुक्त को) वापस हवालात भेजना, *n* वापसी; ~ **home** (युवा अपराधियों के लिए) सुधारालय; **on** ~ वापस हवालात में (भेजा हुआ)

remanent रे`म्नन्ट *a.* ~ magnetism अवशिष्ट चुम्बकत्व

remark^1 रि-मार्क *vt* & *i* 1 (ध्यान से) देखना, ध्यान देना, (वस्तु का) नज़र से गुज़रना, पता लगना [to ~ sth, a fact, that . . .], 2 विचार या राय व्यक्त करना, कहना, 3 *vi* के बारे में कहना या विचार व्यक्त करना [to ~ **upon** sth]

remark^2 *n* 1 ध्यान देना, **worthy of** ~ ध्यान देने योग्य, असाधारण, ख़ास, 2 राय, विचार, टीका, टिप्पणी, 3 उक्ति, कथन; **to make, venture, a** ~ कहना, कहने का साहस करना, 4 (*colloq*) **to pass** ~**s upon s.o.** किसी पर फ़बती कसना

remarkable रि-मॉर्क-बल *a* 1 ध्यान देने योग्य, ध्यान आकर्षित करने वाला, आकर्षक, 2 असाधारण, ख़ास, अद्भुत, उत्कृष्ट, शानदार; **remarkably** *adv* ख़ास तौर से, विशेषत:

remarry री-मैरि *vi* फिर शादी करना, पुनर्विवाह करना

remblai F रांब्ले *n* पुश्ता या धुस्स या बांध (बनाने की मिट्टी)

remediable री-मीडयबल *a* जिसका इलाज या उपाय या प्रतिकार हो सके, साध्य, उपचार्य

remedial रि-मीडिअल *a* 1 इलाज का, चिकित्सा का, 2 प्रतिकारात्मक, प्रतिकारार्थ

remedy रे`मिडि *n* & *vt* 1 औषध, दवा, इलाज, चिकित्सा, उपचार [~ **for** an ailment], 2 प्रतिकार, उपाय, चारा, इलाज [~ **for** an evil]; *vt* 1 (किसी बात का) प्रतिकार करना, इलाज करना, 2 (बुराई) दूर करना, 3 ठीक करना

remember रि-मे`म्बर *vt* 1 याद करना, स्मरण करना, कण्ठस्थ करना, 2 याद रखना, भूल न जाना [to ~ **to do** sth], 3 He ~ed me in his will इच्छा-पत्र लिखते समय वह मुझे (रिक्थ देना) नहीं भूला, 4 (किसी की ओर से) नमस्कार कहना [**R**~ me (kindly) **to** your parents]

remembrance रि-मे`म्ब्रन्स *n* 1 याद, स्मरण, स्मृति, स्मरण-शक्ति, याददाश्त, 2 निशानी, यादगार, स्मारक [a pillar in ~ of the victory], **R**~ **Sunday** प्रथम और द्वितीय महायुद्ध में मरने वालों की याद में मनाया जाने वाला रविवार (जो 11 नवम्बर के निकट हो), यादगारी रविवार, 3 in *pl* (किसी के माध्यम से भेजा गया) नमस्कार [Give my kind ~s to them]

remembrancer रि-मे`म्ब्रॅन्सर *n* 1 स्मारक, निशानी [~ of], 2 **legal** ~ कानूनी परामर्शदाता

remind रि-माइन्ड *vt* 1 याद दिलाना या कराना [to ~ s.o., **of** sth, **to** do sth]; **reminder** *n* 1 याद दिलाने वाली चीज़ या बात, स्मारक, 2 याद दिलाने के लिए लिखा पत्र, स्मरणपत्र, तगादा, तक़ाज़ा

remindful रि-माइन्ड्फ़ल *a* याद दिलाने वाला, याद ताज़ा करने वाला, स्मारक

reminiscence रे`मि-निसन्स *n* 1 याद, स्मरण, स्मृति, 2 किसी चीज़ को देखने आदि से याद आई बात या घटना, संस्मृति, 3 in *pl* ऐसी घटनाओं का वर्णन जो लेखक को याद हों, संस्मरण [to write one's ~s]

reminiscent रे`मि-निसन्ट *a* 1 जिसे अतीत घटनाओं की याद आ रही हो, याद में डूबा हुआ, 2 जिससे किसी घटना की स्मृति जागृत हो जाए या ख़्याल आ जाए, स्मरण कराने वाला [~ **of** sth]; ~**ly** *adv* अतीत की स्मृतियों को जागृत करते हुए

remise रि-माइज़ *vt* (*law*) (अधिकार, जायदाद आदि) त्याग देना, छोड़ देना, दूसरे को दे देना

remiss रि-मिस *a* 1 (कर्तव्यपालन में) लापरवाह, बेपरवाह [He was ~ **in** his duties], ठीक तरह से काम न करने वाला, 2 *arch* शिथिल, ढीला-ढाला, ~ness 1 लापरवाही, 2 शिथिलता, सुस्ती

remissible रि-मिसिबल *a* (f. remit) 1 क्षम्य, 2 छोड़ने या माफ़ करने लायक

remission रि-मिशन *n* 1 क्षमा, क्षमा-दान [~ of sins]; 2 (दण्ड, ऋण आदि की) माफ़ी, छूट, रियायत, 3 कमी, घटाव [~ of force, violence, fever, etc]

remit रि-मिट *vt* & *i* 1 *vt* (पाप आदि) क्षमा करना, 2 (दण्ड, जुर्माना, ऋण आदि) माफ़ करना, छोड़ देना, छूट देना, 3 *vt* & *i* कम करना, घटाना, छोड़ देना [to ~ one's anger, efforts]; कम होना, घटना [pain, zeal, begins to ~], 4 *vt* (निर्णय के लिए) सौंपना [to ~ a case **to** another tribunal]; वापस करना, लौटाना [to ~ a case **to** a lower court], 5 (डाक से) भेजना [to ~ money **to** s.o.]; **remittal** *n* 1 (ऋण आदि की) माफ़ी, छूट, 2 (मुक़दमा दूसरी अदालत को) सौंपना

remittance रि-मिटन्स *n* 1 (डाक से रुपया) भेजना, प्रेषण, 2 भेजा हुआ रुपया; **remittee** *n* पाने वाला, प्रेषिती

remittent रि-मिटन्ट *a* & *n* बीच-बीच में कम होने वाला (ज्वर)

remitter^1 रि-मिटर *n* (रुपया) भेजने वाला, प्रेषक

remitter^2 *n* (मुक़दमे का) दूसरी अदालत को

सौंपना

remnant रे`म्नन्ट *n* 1 the ~ बचे-खुचे लोग, बची-खुची चीजें, 2 (प्राचीन प्रथा की) निशानी, अवशेष, 3 कपड़े के थान का बचा हुआ टुकड़ा (जो प्राय: सस्ता बेचा आता है)

remodel री-मो`डल *vt* 1 दोबारा गढ़ना [to ~ a statue], 2 नया रूप देना [to ~ a machine]

remonetize री-मनिटाइज़ *vt* (धातु आदि को) पुन: वैध मुद्रा बनाना, पुनर्मुद्रीकरण करना

remonstrance रि-मो`न्स्ट्रन्स *n* 1 सविनय आपत्ति या एतराज़ या विरोध, विरोध-पत्र, 2 मित्रतापूर्वक शिकायत, उलाहना, उपालंभ; **remonstrant** रे`मन्स्ट्रन्ट *a* & *n* आपत्ति या एतराज़ करने वाला, आपत्तिकर्ता, शिकायत करने वाला, उलाहना देने वाला

remonstrate रे`मन्स्ट्रेट *vi* & *t* 1 सविनय आपत्ति या एतराज़ करना, सविनय विरोध करना, नापसंदगी ज़ाहिर करना [to ~ **against** sth], 2 to ~ **with** s.o., **about** *or* **on** sth; *vt* to ~ **that** मित्रतापूर्वक शिकायत करना, उलाहना देना

remonstrative रे`मन्स्ट्र-टिव *a* आपत्तिसूचक, विरोधसूचक, उपालंभात्मक, शिकायत का [~ tone, letter]

remorse रि-मॉर्स *a* 1 भारी पश्चात्ताप या पछतावा, अनुताप, अफ़सोस, खेद, 2 किसी को पीड़ा देने में संकोच, **without** ~ निर्दय, निष्ठुर; निर्दयता से, ~**ful** *a* जिसे पश्चात्ताप हो रहा हो, अनुतप्त; ~**less** *a* 1 न पछताने वाला, 2 निर्दय, निष्ठुर

remote रि-मोट *a* 1 (of place, time) दूर, सुदूर, दूर का, दूरस्थ, दूरवर्ती [The place is ~ **from** the road]; ~ past सुदूर अतीत; ~ future सुदूर, भविष्य, 2 सर्वथा भिन्न, अप्रासंगिक [considerations ~ **from** the subject under discussion], 3 (of relation) दूर का [a ~ ancestor, kinsman], 4 दूर का, परोक्ष, अप्रत्यक्ष [~ cause, effect], 5 तनिक, अल्प, ज़रा सा [a ~ resemblance; has not the remotest idea]; 6 अलग-थलग, एकान्त [a ~ village]; 7 **remote control** विद्युत्-यन्त्र या रेडियो-तरङ्गों के द्वारा दूरस्थ यन्त्र या राकेट आदि का नियन्त्रण या संचालन, दूर-नियन्त्रण(-पद्धति); (also see control[1]); 8 ~ **controller** दूर-नियन्त्रक [General Electric has been selling a universal ~ controller]; ~**ness** *n* 1 दूरी, 2 एकान्तता, 3 अल्पता

remount री-माउन्ट *vt* & *i* & *n* 1 (घोड़े, सीढ़ी, पहाड़ी आदि पर) फिर से चढ़ना, 2 (व्यक्ति को) नया घोड़ा आदि देना; *n* 1 (सवार के लिये) नया घोड़ा; 2 (रजमन्ट आदि के लिए) नये घोड़े

removable रि-मूव-बल *a* 1 जिसे हटाया या मिटाया जा सके, अपनेय, 2 (अधिकारी) जिसे निकाला जा सके, 3 (सामान) जो ढोया या अन्यत्र ले जाया जा सके, वहनीय

remove[1] रि-मूव *vt* 1 हटाना, दूर ले जाना, 2 मिटाना [to ~ a spot, all traces], 3 उतारना [to ~ one's hat, shoes], 4 दूर करना, मिटाना [to ~ a doubt], उन्मूलन करना [to ~ a custom], 5 बरख़ास्त करना, निकालना [to ~ s.o. **from** office], 6 मां-बाप द्वारा बच्चे को स्कूल से निकाल लेना [The boy is ~d **from** school], 7 मार डालना, हत्या करना, 8 उड़ा लेना, चुरा लेना, 9 **to ~ furniture** (मकान बदलने वालों का) सामान ढोना, **to ~ mountains** चमत्कार करना, 10 *vi* मकान बदलना, स्थान बदलना, (दूसरे शहर में) चला जाना [to ~ from Delhi to Chandigarh]

remove[2] *n* 1 *arch* (खाने के समय) एक प्लेट के बाद आने वाली दूसरी प्लेट, 2 (at school) अगली कक्षा में जाना, उन्नति, तरक्की [He has got his ~]; 3 (वि० खून के रिश्ते या पीढ़ी की) दूरी [He is but one ~ **from**, a few ~s **from**, Mr Smith]

removed रि-मूव्ड *a* 1 दूर, दूरस्थ, 2 first cousin once ~ माता या पिता के चाचे आदि का पोता या पोती, दूसरी पीढ़ी में चचेरा आदि भाई या बहन

remunerate रि-म्यूनरेट *vt* 1 पारिश्रमिक देना, मेहनताना देना, मज़दूरी देना, उजरत देना [to ~ s.o. **for** (work done, services rendered], 2 इनाम देना, पुरस्कार देना; 3 मुआवज़ा या बदला देना; **remuneration** रिम्यून-रेशन *n* 1 पारिश्रमिक, मेहनताना, मज़दूरी, उजरत; 2 इनाम, पुरस्कार; 3 मुआवज़ा, बदला; **remunerative** रि-म्यून्-र-टिव *a* जिससे आर्थिक लाभ हो, लाभकर, लाभदायक, फ़ायदे का

renaissance रि-नेसँस, -साँस *n* 1 (साहित्य, कला आदि का) पुनरुज्जीवन, पुनरुत्थान, पुनर्जागरण, नवाभ्युदय, 2 the **R**~ यूरोप में साहित्य और कला के पुनरुज्जीवन का युग—चौदहवीं से सोलहवीं शताब्दी तक

renal रीनल *a* गुर्दे का, वृक्क का, वृक्क- [f. L *renes*=kidneys]; ~ '**colic** गुर्दे का दर्द

renascence रि-नैसँस *n* 1 पुनरुत्पत्ति, नया जन्म, नवीकरण, 2=Renaissance

renascent रि-नैसन्ट *a* फिर से पैदा या जागृत होने वाला, नवजात, पुनर्जात

rend रे`न्ड *vt* 1 चीरना, फाड़ना; **to ~ one's garments or hair** (शोकातुर होकर) अपने वस्त्र फाड़ना या बाल उखाड़ना; खण्ड-खण्ड करना; to ~ sth, **in two, in twain** दो टुकड़े करना; दो दलों में बांटना या विभक्त करना; 2 to ~ **away** *or* **apart** फाड़ कर अलग करना, 3 Her cries **rent the air** उसकी चीख़ों से आकाश गूंज उठा;

4 The heart is rent कलेजा फटता है

render रेंन्डर *vt* **1** बदले में देना, to ~ good for evil बुराई के बदले में भलाई करना; to ~ thanks to s.o. किसी को धन्यवाद देना; **2** to ~ a service to s.o. किसी की सेवा या सहायता करना; **3 to ~ an account to s.o.** किसी को हिसाब देना; **account rendered** (*phr. used as a substitute for repetition of items*) पहले भेजा गया बिल (जो अभी अदा न हुआ हो), **4** चित्र, संगीत या अभिनय द्वारा ज्यों का त्यों प्रस्तुत करना, निरूपण करना, अदा करना, **5** अनुवाद करना, **6** बना देना [Age has ~ed him peevish; his action ~s it probable that . . .], **7** (ईंट पर) प्लस्तर की पहली तह लगाना

rendering रेंन्ड्रिङ्ग *n* **1** प्रस्तुत करना, प्रस्तुतीकरण, निरूपण, चित्रण; गाने या बजाने या अभिनय करने का ढंग, अदाकारी **2** अनुवाद, **3** प्लस्तर की पहली तह, अस्तर

rendezvous रोंन्डि-वू *n* & *vi* (~es रोंन्डि-वूज़; ~ed रोंन्डिवूड, ~ing रोंन्डिवूइङ्ग) **1** सैनिकों या जहाज़ों के एकत्र होने का नियत या निर्दिष्ट स्थान, **2** मिलने की (पूर्वनिश्चित) जगह, नियत (मिलन-)स्थान, **3** पूर्वनिश्चित भेंट या मिलन; *vi* (पूर्वनियत स्थान पर) मिलना [We'll ~ at the Boat Club]

rendition रेंन्डिशन *n* **1** व्याख्या, अनुवाद; **2** अभिनय, (of song) गायन, वादन, अदाकारी; **3** चित्रण

renegade रेंनिगेड *n* & *vi* **1** धर्म बदलने वाला, विशेषत: ईसाई धर्म छोड़कर मुसलमान बनने वाला, धर्मपरित्यागी [~ Christian]; **2** दल से अलग हो जाने वाला, अपना सिद्धान्त छोड़ देने वाला, पक्षत्यागी, *vi* धर्म या दल या पक्ष या सिद्धान्त छोड़ देना

renew रि-न्यू *vt* & *i* **1** नया या नये-जैसा कर देना, पहले-जैसा कर देना, ताज़ा कर देना [to ~ s.o.'s life, sorrow, energy, etc], **2** जान डालना, जिलाना, पुनर्जीवित करना, **3** नई चीज़ डालना, बदलना [R~, the water in the bowl, the tires], **4** फिर से करना, फिर शुरू करना [to ~ the attack, efforts, etc]; to ~ one's acquaintance with s.o. पुराने परिचय को फिर से ताज़ा करना, फिर से परिचय पैदा करना, **5** अवधि बढ़ाना या बढ़वाना [to ~ the contract, lease, etc]; to ~ the subscription नया (या नये वर्ष आदि का) चंदा देना

renewable रि-न्यूअबल *a* जिसकी अवधि बढ़ाई जा सके, नवीकरणीय

renewal रि-न्यूअल *n* **1** नवीकरण, **2** पुनरारंभ, **3** बदलना, बदलाई; **4** ~ of subscription नया चन्दा देना या लेना

rennet रेंनिट *n* दूध जमाने या पनीर बनाने में प्रयुक्त पदार्थ-विशेष, जामन

renounce रि-नाउन्स *vt* & *i* **1** छोड़ देना, त्याग देना [to ~ a claim, a right, an attempt, one's faith, one's principles], **2** *law* उत्तराधिकार छोड़ना, **3** अस्वीकार करना, न मानना [to ~ s.o.'s authority]; **4** का साथ छोड़ देना [to ~ a friend]; संबंध त्याग देना [to ~ a son]; **to ~ the world** संसार त्याग देना, संन्यास ले लेना; **5 to ~ a treaty** संधि तोड़ना या ख़तम करना, संधि का प्रत्याख्यान करना, **6** *vi* (*cards*) बदरंग होना; **~ment** *n* त्याग, परित्याग

renovate रेंन-वेट *vt* **1** नया या नये-जैसा कर देना, नया रूप देना, ठीक-ठाक करना, मरम्मत करना, **2** जान डालना, कायाकल्प करना; **renovation** रेंन-वेशन *n* **1** नवीकरण, मरम्मत, **2** कायाकल्प; **renovator** *n* मरम्मत या ठीक-ठाक करने वाला, नवीकर्ता, सुधारकर्ता

renown रि-नाउन *n* यश, कीर्ति, ख्याति, प्रसिद्धि, नाम [to win ~; a man, town, of ~]; **renowned** रि-नाउन्ड *a* विख्यात, प्रख्यात, प्रसिद्ध, यशस्वी, नामी, मशहूर

rent[1] रेंन्ट *n* **1** (वस्त्र, मेघ आदि में) फटी हुई जगह, फटन, छिद्र, चीर, **2** (धरती में) दरार, **3** (दल, मंडली में) फूट

rent[2] *n* & *vt* **1** किराया, भाड़ा, **2** (कृषिभूमि का) लगान, मालगुज़ारी, कर, **3** ~-free किराये या लगान के बिना; *vt* **1** किराये या भाड़े पर लेना, [I have ~ed this house from Mr A.], किराये पर देना या उठाना [Mr A. has ~ed out this house to me], **2** (भूमि) लगान पर देना

rental रेंन्टल *n* **1** किराया, भाड़ा, **2** लगान, मालगुज़ारी, **3** किराये या लगान या मालगुज़ारी की आमदनी

rente F रांट *n* शेयर आदि से होने वाली वार्षिक आय, वार्षिकी

rentier F रांटिए *n* व्यक्ति जिसका वार्षिकी से ही निर्वाह हो जाये, वार्षिकी-भोगी, धनी व्यक्ति

renumber री-नम्बर *vt* फिर से या नया नंबर डालना

renunciation रिनन्-सि-एशन *n* (f. renounce) **1** (अधिकार आदि का) त्याग, **2** ऐसे त्याग का अभिलेख, **3** सांसारिक कामनाओं का परित्याग, संन्यास

reopen री-ओपन *vt* & *i* **1** फिर से खोलना या खुलना, **2** फिर से शुरू करना या होना [to ~ a discussion]

reorient री-ओंरि-एंन्ट (also **~ate** रि-ओंरि-अन्टेट) *vt* to ~ s.o. फिर से अनुकूल बनाना, फिर से (स्थिति, आवश्यकता आदि से) परिचित कराना; **~ation** *n* पुनरनुकूलन; पुनरभिज्ञान

reorganization री-ऑर्गनाइज़ेशन *n* पुनर्गठन

reorganize री-ऑर्गनाइज़ *vt* पुनर्गठित करना

repair^1 रि-पे॑अर *vi* जाना, जाया करना [to ~ to a place]

repair^2 *vt* **1** मरम्मत करना, ठीक करना [to ~ a building, machine, garment]; **2** प्रतिकार करना, प्रतिविधान करना, इलाज करना [to ~ a wrong]; सुधारना, ठीक करना [to ~ an error; to ~ one's health]; **3** to ~ a loss घाटा पूरा करना; **repairable** रि-पे॑अर-बल *a* मरम्मत के लायक

repair^3 *n* **1** मरम्मत, सुधार, दुरुस्ती [to be under ~], (in *sing* or *pl*) [The shop is closed during repairs], **2** रख-रखाव; ठीक हालत; **to be in (good) ~** अच्छी या ठीक हालत में होना; **to be in bad, out of, ~** खराब (हालत में) होना

reparable रे॑प्-र-बल *a* (of loss) जिसे पूरा किया जा सके, जिसकी पूर्ति हो सके, पूरणीय

reparation रे॑प-रेशन *n* (f. repair^2) हरजाना, क्षतिपूर्ति, मुआवज़ा [war ~s]

repartee रे॑पार्-टी *n* **1** हास्यात्मक प्रत्युत्तर, **to be good, quick, at ~** हाज़िरजवाब होना; **2** हाज़िरजवाबी

repast रि-पास्ट *n* भोजन के समय रखे गये खाद्य-पदार्थ, खाना, भोजन, आहार [plentiful, slight, ~]

repatriate री-पैट्रिएट *vt & i & n* **1** स्वदेश (वापस) भेजना, स्वदेश लौटाना, **2** *vi* स्वदेश (वापस) जाना या लौटना; *n* स्वदेश लौटने वाला, स्वदेश भेजा हुआ

repatriation री-पैट्रि-एशन *n* स्वदेश-वापसी, स्वदेश-प्रत्यावर्तन

repay री-पे,रि-पे *vt* **1** (पैसा) लौटाना, वापस करना, (ऋण) चुकाना, **2** का बदला देना [to ~ *a* service, an obligation], **3** हरजाना देना, भरना; **4** बदला लेना [to ~ a blow, an injury]; **~able** *a* लौटाने या चुकाने योग्य, परिदेय; **~ment** *n* **1** (of money) वापसी, अदायगी, (of loan) शोध, **2** (of service) बदला, प्रतिकार

repeal रि-पील *vt & n* **1** रद्द करना, मंसूख़ करना, निरसन करना, निरस्त करना; **2** *n* मंसूख़ी, निरसन, निराकरण

repeat^1 रि-पीट *vt & i* **1** दोबारा करना, दोहराना, आवृत्ति करना, His language will **not bear repeating** उसने जो शब्द कहे वे (इतने अश्लील थे कि) दोहराये नहीं जा सकते; (कण्ठस्थ करने के लिए) ऊंचे स्वर से पढ़ना, **2** *contempt* कहना, बतलाना, सुनाना, ख़बर देना [He ~s everything to the master], **3** *vi* (of firearms) बिना दोबारा भरे कई बार चलना [**repeating rifle** etc], **4** (of figure in *arith*) दोबारा या बार-बार आना, **5** (*refl*) to ~ itself फिर उसी रूप में आना या (घटित) होना [History ~s itself]; to ~ oneself अपनी बात दोहराना, वही काम फिर करना

repeat^2 *n* **1** प्रेक्षकों के आग्रह पर अभिनय का कोई अंश दोबारा करना, आवृत्ति, **2** *mus.* दोहराया जाने वाला पद, **3** *commerc.* पहले-जैसा माल; **repeat (order)** माल का पहले-जैसा आर्डर, पुनरादेश

repeated रि-पीटिड *a* बार-बार किया या कहा हुआ [~ requests], **~ly** *adv* बार-बार, बारम्बार

repel रिपे॑ल *vt* (-ll-) **1** पीछे धकेलना, मार भगाना, खदेड़ना [to ~ an assailant], **2** (आक्रमण या वार) रोकना [to ~ an attack, a blow], **3** (पेशकश, प्रस्ताव) अस्वीकार करना, न मानना, ठुकरा देना [to ~ an offer, a suggestion], **4** बुरा या अरुचिकर या घृणित लगना [I am ~led by him], **5** *phys* पीछे धकेलना, प्रतिकर्षित करना, विकर्षित करना [first attracts and then repels the magnet]

repellent रि-पे॑लन्ट *a* **1** घृणित, घृणाजनक, घिनौना, **2** *phys* पीछे धकेलने वाला, प्रतिकर्षक, विकर्षक [~ force]; **3** (कीड़ों आदि को) भगाने वाला; *n* भगाने वाला पदार्थ [a mosquito ~]

repelling रि-पे॑लिङ्ग *a* (=prec) प्रतिकर्षक, प्रतिकर्षी

repent^1 रीपन्ट *a* (*bot*) धरती पर फैलने वाला, विसर्पी

repent^2 रि-पे॑न्ट *vt & i* पछताना, पश्चात्ताप करना [you'll ~ this; ~ having done this], *vi* [you'll ~ of this]

repentance रि-पे॑न्टन्स *n* पश्चात्ताप, पछतावा; **repentant** रि-पे॑न्टन्ट *a* जिसे पश्चात्ताप हो रहा हो, जो पछता रहा हो, अनुतप्त

repeople री-पीपल *vt* (स्थान में) फिर से लोगों को बसाना, (स्थान को) फिर से आबाद करना

repercussion रीपर्-कशन *n* **1** प्रतिध्वनि, गूंज [~ of an explosion], **2** टक्कर के बाद लगने वाला झटका, प्रतिघात, **3** परोक्ष परिणाम या प्रभाव, प्रतिक्रिया [The arrest of the national leaders was followed by ~s throughout the country]

repertoire F रे॑पट्वार *n* वे सब गाने जो गायक को आते हों और जिन्हें वह गाने को तैयार हो, (गायक का) गीत-संग्रह, गीत-भंडार, (नाटक कंपनी का) नाटक-संग्रह, नाटक-भंडार

repertory रे॑पर्टरि *n* **1** वह स्थान जहां पदार्थ-विशेष का संग्रह हो, कोश, निधि, खज़ाना, भंडार [~ of information, facts, etc], **2** =prec.

reperuse रीप-रूज़ *vt* फिर से पढ़ना (see peruse)

repetend रे॑पिटे॑न्ड *n* **1** (*math*) दशमलव के आवर्ती अंक, **2** बार-बार आने वाला शब्द या वाक्य; (*mus*) टेक, स्थायी [L. =repeating]

repetition रे॑पि- टशन *n* 1 आवृत्ति, पुनरावृत्ति, दोहराना, दोहराई, 2 (कण्ठस्थ करने के लिए) ऊंचे स्वर में पाठ, रट, रटन, रटन्त; (कण्ठस्थ करने के लिए नियत) पाठ, खंड, अंश, 3 नकल, प्रतिकृति, प्रतिरूप; 4 प्रतिलिपि, नकल; **repetitious** रे॑पि-टिशस, **repetitive** रि-पे॑टिटिव *aa* 1 बार-बार करने या कहने वाला, आवृत्ति करने वाला, 2 बार-बार होने वाला, आवर्ती, आवृत्तिमय

repine रि-पाइन *vi* असन्तुष्ट होना, खीझना, झुंझलाना, झल्लाना, असंतोष व्यक्त करना, शिकायत करना [to ~ at, against, sth]

replace रि-प्लेस *vt* 1 फिर वहीं रखना, वापस रखना [to ~ the receiver]; 2 (किसी की) जगह लेना, जगह पर आना या काम करना, 3 (किसी की) जगह पर दूसरे को रखना या लगाना, (किसी को) बदलना, हटाना, 4 के बजाय दूसरी चीज़ से काम लेना [to ~ fire·wood by coal]; **~ment** *n* 1 बदलना, बदलाव, बदलाई, प्रतिस्थापन, 2 दूसरे की जगह लेने वाला व्यक्ति या पदार्थ, स्थानापन्न वस्तु, बदल

replay री-प्ले *vt* & रीप्ले *n* (मैच) दोबारा खेलना, (रिकार्ड) दोबारा बजाना; *n* दोबारा खेला गया मैच

replenish रि-प्ले॑निश *vt* फिर से भरना [to ~ one's wardrobe, one's supplies]; **~ed** *a* फिर से भरा हुआ, भरा-पूरा

replenishment रि-प्ले॑निश्मन्ट *n* 1 भरना, भराई, पूर्ति, आपूर्ति [~ **of** supplies], 2 (भरने के लिए) नया माल

replete रि-प्लीट *n* 1 भरा हुआ, पूर्ण [~ **with** instances], 2 छका हुआ, परितृप्त [~ with food]; **repletion** रि-प्लीशन *n* 1 पूर्ति, पूर्णता [full to ~], 2 तृप्ति [to eat to ~]

replevin रि-प्ले॑विन *n* 1 कुर्क माल मालिक को लौटाना, 2 (मालिक द्वारा कुर्क माल की) पुन: प्राप्ति, प्रत्याप्ति, 3 कुर्क माल लौटाने का आदेश

replevy रि-प्ले॑वि *vt* (see prec) कुर्क माल पुन: प्राप्त करना या छुड़ाना

replica रे॑प्लिक: *n* 1 (कलाकार द्वारा अपनी ही कृति या चित्र आदि की बनाई गई) नकल, प्रतिरूप, 2 हूबहू नकल, प्रति, प्रतिकृति, प्रतिरूप. प्रतिबिम्ब, प्रतिलिपि

replicate¹ रे॑प्लिकट *a* (*bot*) दोहरा किया हुआ, मोड़ा हुआ, प्रतिवलित

replicate² रे॑प्लिकेट *vt* 1 नकल या प्रतिकृति या प्रतिरूप बनाना, प्रतिलिपि बनाना, 2 (*bot*) दोहरा करना, मोड़ना

replication रे॑प्लि-केशन *n* 1 उत्तर, प्रत्युत्तर, 2 *law* वादी द्वारा प्रतिवादी के उत्तर का प्रत्युत्तर, जवाब-दावे का जवाब, 3 प्रतिध्वनि, गूंज, 4 प्रतिलिपि (बनाना), प्रतिकृति, 5 पुनरावृत्ति

reply रिप्लाई *vi* & *i* & *n* 1 उत्तर या जवाब देना, 2 जवाबी कार्यवाही करना, जवाब देना [Their batteries replied to our fire]; *n* उत्तर, जवाब, *comb*: **reply-paid telegram, postcard,** etc जवाबी तार, जवाबी कार्ड

répondez si'l vous plaît F रे॑पोन्दे सिल् वू प्ले (*abbr*. R.S.V.P.) कृपया उत्तर दें

report¹ रि-पॉर्ट *vt* & *i* 1 ख़बर देना, समाचार या संवाद देना; it is ~ed that . . . ख़बर या समाचार है कि · · ·; कहा जाता है कि · · ·, 2 बताना, सूचना देना, हाल बताना, विवरण देना, 3 **to report progress** बताना कि अभी तक क्या काम हुआ है, काम की प्रगति का विवरण देना, 4 *vi* रिपोर्ट तैयार करना या लिखना, रिपोर्ट देना या पेश करना, के बारे में समाचार देना [to ~ **upon** sth], 5 रिपोर्ट करना, शिकायत करना [to ~ **against** sth, s.o.], 6 अपने आने या पहुंचने की सूचना देना, उपस्थित होना [to ~ oneself to s.o.; to ~ for duty], 7 **to ~ of** किसी के बारे में (अच्छी या बुरी) राय देना या व्यक्त करना [He is badly ~ed of]

report² *n* 1 ख़बर, समाचार, सवाद, 2 उड़ती ख़बर, अफ़वाह, किंवदन्ती, **the ~ goes that . . .** अफ़वाह है, कहा जाता है, कहते हैं कि, 3 वस्तु या व्यक्ति के बारे में राय, प्रसिद्धि, ख्याति, नाम [a man of good ~], 4 (छात्र के काम, आचरण आदि की) रिपोर्ट; विवरण, विवरणी, विवरणिका, 5 (थाने में लिखाई गई) रपट, 6 (बन्दूक आदि की) आवाज़, धमाका, धड़ाका, 7 **weather ~** मौसम का हाल

reportage रि-पॉर्टिज *n* 1 समाचार या संवाद देने की प्रक्रिया या शैली; 2 (संवाददाता द्वारा दिये गये) कुल समाचार; 3 घटना का विवरण

reporter रि-पॉर्टर *n* 1 संवाददाता, 2 विवरणकार

repose¹ रि-पोज़ *vt* to ~ one's **trust in** s.o. किसी पर भरोसा या विश्वास रखना

repose² *vt* & *i* & *n* 1 रखना, धरना [to ~ one's head **on** a pillow], 2 आराम देना, 3 *vi* आराम या विश्राम करना, 4 लेटना, लेटा हुआ होना, 5 पर आधारित या खड़ा होना [The foundations ~ **upon** rock], *n* 1 आराम, विश्राम, (कार्य का) विराम, विरति, मानसिक शांति [to seek ~], 2 घबराहट का अभाव, धीरता-गंभीरता [His attitude lacks ~]; **~ful** *n* शान्त

repository रि-पॉ॑ज़ि-टरि *n* 1 स्थान जिसमें कोई चीज़ या माल रखा जाये, धानी, निधान, भंडार, गोदाम, 2 भंडार, हाट, दुकान [furniture ~], 3 (of person, book, etc) निधि, कोश, ख़ज़ाना, भंडार [The Upanishads are, the Rishis were, repositories of spiritual knowledge], 4 विश्वास-पात्र, व्यक्ति जिसे रहस्य या दिल की बात बताई जाए [~ of a secret], 5 समाधि, क़ब्र, मकबरा

repossess री-प-ज़े॑स *vt* 1 (किसी को किसी चीज़

का) फिर से कब्ज़ा दिलाना [to ~ s.o. of sth], 2 फिर से कब्ज़ा करना [to ~ oneself of sth]

repoussé F रपूसे *a* & *n* (धातु पर बने) उभारदार (बेल-बूटे); ठप्पे का काम

reprehend रे̋प्रि-हे̋न्ड *vt* 1 झिड़कना, भर्त्सना करना, धिक्कारना, दोष देना, 2 निन्दा करना, बुरा या निन्दनीय समझना या कहना [to ~ s.o.'s conduct]; **reprehensible** रे̋प्रि-हे̋न्सिबल *a* निन्दनीय; निन्द्य; **reprehension** रे̋प्रि-हे̋न्शन *n* डाँट-डपट, फटकार, भर्त्सना, निन्दा

represent रे̋प्रि-ज़े̋न्ट *vt* 1 (किसी भाव या पदार्थ का) मानसिक चित्र बनाना, कल्पना करना, ख़्याल में लाना [Can you ~ infinity **to** yourself?], 2 का चित्र होना, का चित्र प्रस्तुत करना, दिखाना, 3 वर्णन करना, निरूपण करना, निरूपित करना, दर्शाना, 4 निवेदन या प्रतिवेदन करना, कहना, बताना [We'll ~ our grievances to the Headmaster], 5 (नाटक का) अभिनय करना, 6 का प्रतीक होना [The flag ~s the nation], 7 (व्यक्ति या फ़र्म या चुनाव-क्षेत्र का) प्रतिनिधित्व करना, प्रनिनिधि होना

representation रे̋प्रि-ज़े̋न्-टेशन *n* (see prec) 1 मानसिक चित्र बनाना, 2 चित्र प्रस्तुत करना, वर्णन, निरूपण, प्रदर्शन, 3 चित्र, प्रतिरूप, प्रतिमा, 4 अभिवेदन, निवेदन, प्रतिवेदन(-पत्र) [They made a ~ **to** the Principal], 5 अभिनय, 6 प्रतीक, 7 *polit* प्रतिनिधित्व; **proportional ~** (see proportional)

representative रे̋प्रि-ज़े̋न्ट-टिव *a* & *n* 1 निर्वाचित प्रतिनिधियों या सदस्यों का [~ chamber, house]; जनता के प्रतिनिधियों का, जनप्रतिनिधि [~ Government, institutions], 2 प्रतिनिधित्व करने का, प्रातिनिधिक [~ character], प्रतीकात्मक; जिसमें अनेक या सब वर्गों (के कवियों आदि) के अच्छे-अच्छे नमूने हों [The present anthology is a very ~ collection of English poetry]; *n* 1 प्रतिनिधि, नुमाइंदा; **House of Representatives** अमरीकी संसद् का अवर सदन, प्रतिनिधि-सभा, लोक सभा; 2 फ़र्म का एजन्ट, 3 नमूना, प्रतिरूप, प्रतीक

repress रि-प्रे̋स *vt* 1 रोकना, दबाना [to ~ a sneeze]; 2 का संवरण करना [to ~ a feeling, desire]; 3 दबाना, दमन करना [to ~ sedition]; 4 *psych* निरोध करना (see foll)

repression रि-प्रे̋शन *n* 1 *psych* अप्रिय विचारों या कष्टकर स्मृतियों को भुलाने का प्रयत्न (जिससे वे चेतन अवस्था में प्रकट न हों और अवचेतन में पड़े रहें), निग्रह, दमन, निरोध, 2 (राजद्रोह आदि का) दमन [~ of sedition etc]

repressive रि-प्रे̋सिव *a* 1 रोकने या दबाने का, दमनकारी, दमनात्मक [~ measures taken by the Govt.], 2 निरोधात्मक

reprieve रि-प्रीव *vt* & *n* 1 (अपराधी का) मृत्यु-दण्ड घटाना या स्थगित करना, 2 *fig* मोहलत देना, समय या अवकाश देना, 1 *n* मृत्यु-दण्ड का घटाना या विलम्बन, प्रविलम्बन; स्थगन; 2 प्रविलम्बन या स्थगन का आदेश(-पत्र); 3 मोहलत, अवकाश

reprimand रे̋प्रि-मान्ड *vt* & *n* 1 डाँटना, फटकारना, भर्त्सना करना, 2 (*administration, law*) निन्दा करना, दोष देना, दोषी ठहराना, *n* 1 डांट, फटकार, लानत-मलामत, भर्त्सना, 2 निन्दा

reprisal रि-प्राइज़ल *n* बदला [to do sth by way of ~], (in warfare), बदले की कार्यवाही [to make ~s]

reprise रि-प्रीज़ *n* 1 गीत का वह अंश जो बार-बार गाया जाए; 2 संगीत-समारोह में बार-बार गाया जाने वाला गीत

reproach रि-प्रोच *vt* & *n* 1 झिड़कना, डाँटना, फटकारना, बुरा-भला कहना, दोष देना [to ~ s.o. **for, with,** sth], 2 निन्दा करना [to ~ s.o's ignorance]; *n* 1 लज्जाजनक बात, बदनामी की बात, कलङ्क [The state of the roads is a ~ to the Works Department], 2 बदनामी, अपयश [This brought ~ on him], 3 डाँट, फटकार, लानत-मलामत, उलाहना, निन्दा; **above** *or* **beyond ~** अनिन्द्य, दोषरहित; **~ful** *a* निन्दासूचक, निन्दात्मक, भर्त्सनापूर्ण, उपालंभमय; **~less** *a* अनिन्द्य, दोषरहित

reprobate^{1} रे̋प्रबेट *vt* 1 (व्यक्ति या कार्य की) निन्दा करना, निन्दित समझना, बुरा या अनुचित समझना, दोष देना, 2 अस्वीकार करना, अननुमोदन करना, नापसंद करना, 3 (of God) नरक में डाल देना

reprobate^{2} *a* & *n* 1 पापी, दुराचारी, पतित, भ्रष्ट (व्यक्ति), 2 ईश्वर की कृपा से वंचित (व्यक्ति), नरक में पड़ा हुआ (व्यक्ति), नरक का कीड़ा

reprobation रे̋प्र-बेशन *n* 1 निन्दा (करना), अस्वीकरण, अननुमोदन, नापसंदगी, 2 नरक-वास (देना या पाना)

reproduce रीप्र-ड्यूस *vt* & *i* 1 नकल करना, नकल तैयार करना, प्रति बनाना, प्रतिरूप या प्रतिकृति बनाना, 2 फिर पैदा करना, दोहराना [to ~ sound], 3 *vi* बच्चे पैदा करना, सन्तान उत्पन्न करना, प्रजनन करना [to ~ (oneself)]

reproduction रीप्र-डक्शन *n* 1 सन्तानोत्पत्ति, जनन, प्रजनन, 2 नकल, प्रतिलिपि, प्रतिरूप, प्रतिकृति, 3 पुनरुत्पत्ति, पुनरुत्पादन, दोहराना [~ of sound]

reproductive रीप्र-डक्टिव *a* (प्र)जनन-संबंधी; **~ organs** जननेन्द्रियां

reproof रि-प्रूफ़ *n* 1 निन्दा [spoke in ~ of idleness]; नापसंदगी [a glance of ~], 2 डाँट, फटकार, भर्त्सना [to administer ~ **to** s.o.]

reprove रि-प्रूव *vt* 1 झिड़कना, डाँटना, भर्त्सना करना [to ~ s.o. for sth], 2 निन्दा करना, नापसंद करना [to ~ an action]; **reprovingly** *adv* नापसंदगी के लहजे में

reptile रे॑प्टाइल *n* & *a* रेंगने वाला जन्तु, सरीसृप; सांप, छिपकली, मगरमछ, कछुआ आदि; *a* 1 रेंगने वाला, विसर्पी, सर्पणशील, 2 नीच, कमीना, ज़लील, गिड़गिड़ाने वाला

reptilian रे॑प्-टिलिअन् *a* & *n* 1 रेंगने वाला (जन्तु), 2 कमीना या घृणित (व्यक्ति), नीच, पाजी

republic रि-पब्लिक *n* 1 गणराज्य, गणतन्त्र, **Republic Day** गणतन्त्र-दिवस, (in India) 26 जनवरी, 2 *fig* समानता पर आधारित मनुष्य-समाज अथवा पशु-समुदाय, **the ~ of letters** (i) साहित्यिक वर्ग या समाज, (ii) साहित्य, वाङ्मय

republican रि-पब्लिकन *a* & *n* 1 गणराज्य या गणतन्त्र का, गणतन्त्री(य), गणतन्त्रात्मक, 2 गणतन्त्रवादी, 3 (of bird) समुदाय में रहने वाला, वृन्दचारी; *n* **R~** अमरीका के गणतन्त्रवादी दल का सदस्य, रिपब्लिकन; **~ism** *n* गणतन्त्रवाद

repudiate रि-प्यूडिएट *vt* 1 (पत्नी का) परित्याग करना, तलाक देना, 2 त्याग देना, छोड़ देना, निकाल देना, का साथ छोड़ देना [to ~ a friend, an ally, etc], 3 मुकरना, प्रत्याख्यान करना [to ~ an opinion, to ~ authorship of a pamphlet], 4 अस्वीकार करना, न मानना [to ~ an authority], 5 (ऋण) अदा करने से इन्कार करना [to ~ a debt]

repudiation रि-प्यूडि-एशन *n* 1 त्याग, संबंध-विच्छेद [~ of a wife], 2 प्रत्याख्यान [~ of an opinion], 3 अदा करने से इन्कार (करना) [~ of a debt]

repugnance रि-पग्नन्स *n* 1 परस्पर विरोध, असंगति, बेमेलपन [~ **of** *or* **between** ideas, statements, etc]; अननुकूलता [~ of tempers], 2 अरुचि, घृणा, नफ़रत [to feel ~ to doing sth]

repugnant रि-पग्नन्ट *a* 1 मेल न खाने वाला, बेमेल, विरोधी, असंगत [~ **to**], अननुकूल, अननुरूप [~ **with**]; 2 अरुचिकर [This food is ~ to me], नापसंद [I find his proposal ~]

repulse रि-पल्स *vt* & *n* 1 पीछे धकेलना, मार भगाना, खदेड़ना, हटाना [to ~ an enemy], 2 (आक्रमण) रोकना, विफल करना, 3 (प्रेम-प्रस्ताव, प्रार्थना आदि) ठुकरा देना, 4 (प्रेम-प्रस्ताव या प्रार्थना करने वाले को) दुतकारना, धुतकारना, धता बताना; *n* 1 पराजय, हार, विफलता, 2 दुतकार, अस्वीकृति, इन्कार [to inflict, meet with, suffer, a ~]

repulsion रि-पल्शन *n* 1 *phys* प्रतिकर्षण, विकर्षण [opp. attraction], 2 घृणा [to feel ~ for s.o.], अरुचि

repulsive रि-पल्सिव *a* 1 *phys* पीछे धकेलने वाला, प्रतिकर्षक, विकर्षक, 2 घृणित, घिनौना, बुरा, कुरूप; **~ness** *n* घिनौनापन

reputable रे॑प्यूट-बल *a* 1 प्रसिद्ध, नेकनाम, साख वाला [a ~ firm], 2 सम्मानित, प्रतिष्ठित

reputation रे॑प्यु-टेशन *n* 1 (व्यक्ति या वस्तु के बारे में) लोगों की आम राय, लोगों का विचार, ख्याति, प्रसिद्धि [has not justified his ~], 2 यश, कीर्ति, नेकनामी, प्रसिद्धि [has a ~ for integrity, courage, etc], 3 नेकनामी या बदनामी [has the ~ of selling spurious goods]; good ~ नेकनामी, bad ~ बदनामी [This place has a bad ~]

repute^1 रि-प्यूट *n* प्रसिद्धि, ख्याति, मशहूरी [a doctor of ~]

repute^2 *vt* (usu in *pass*) ख़्याल किया जाना, समझा जाना, माना जाना [is ~d (to be) the best doctor]; **~d** *a* (*law*) समझा या माना जाने वाला, (पर जो शायद ऐसा न हो) तथाकथित [his ~d father]

request रि-क्वे॑स्ट *n* & *vt* 1 प्रार्थना, याचना, अभ्यर्थना, निवेदन, विनती [**to make a ~**]; **by** *or* **on ~** प्रार्थना करने पर [Buses stop here by ~; this is a ~ stop], 2 वह वस्तु जिसके लिये प्रार्थना की जाए, मांग, to be in ~ की मांग होना; *vt* 1 प्रार्थना करना [to ~ s.o. to do sth], मांग करना, 2 के लिए प्रार्थना करना [I ~ your presence]

requiem रे॑क्वि-ऍम *n* 1 दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना, प्रार्थना-सभा, 2 (इसके लिए) शोक-गीत

require रि-क्वाइअर *vt* 1 मांगना, चाहना, अनुरोध या आग्रह करना [to ~ s.o. **to do** sth], 2 आदेश देना [The court ~s you to attend]; 3 आवश्यक समझना या कहना या बताना या निर्धारित करना [This is all that is ~d by the Act], 4 आवश्यक होना, अपेक्षित होना, ज़रूरत होना, ज़रूरी होना [This work ~s great concentration]; **~d** *a* अपेक्षित, अभीष्ट, आवश्यक, ज़रूरी; **~ment** *n* 1 मांग, अनुरोध, आग्रह, आदेश, 2 आवश्यकता, अपेक्षा, ज़रूरत [to meet s.o.'s requirements], 3 ज़रूरी शर्त

requisite रे॑क्वि-ज़िट *a* & *n* (सफलता के लिए, उक्त परिस्थितियों में) आवश्यक, ज़रूरी, अपेक्षित; *n* 1 आवश्यक वस्तु या सामग्री [travelling ~s], 2 आवश्यक गुण या बात, आवश्यक शर्त

requisition रे॑क्वि-ज़िशन *n* & *vt* 1 (प्राय: लिखित एवं आधिकारिक) मांग [upon a ~ by ten members], (माल मंगाने का) आर्डर, 2 (स्थान, मकान या सामग्री देने के लिए अधिकारियों का नगर आदि को) आदेश, (सामग्री आदि का) अधिग्रहण, **to be under** *or* **in ~** सरकारी काम के लिए प्रयुक्त या अधिगृहीत होना, की मांग या

जरूरत होना; *vt* (सरकारी काम के लिए) मांगना, ले लेना, (व्यक्ति को) काम में लगाना, (व्यक्ति या वस्तु से) काम लेना

requital रि-क्वाइटल *n* (see foll) बदला, प्रतिकार, मुआवज़ा

requite रि-क्वाइट *vt* **1** (भलाई का) बदला देना, बदला चुकाना, इनाम देना [to ~ s.o. for a service], **2** (बुराई का) बदला लेना, दण्ड देना [to ~ a wrong, an injury], **3** बदले में (भलाई या बुराई) करना [to ~ s.o. **with** gratitude or ingratitude]; to ~ s.o.'s love प्रेम के बदले में प्रेम करना

reredos रिअर्डोॅस *n* (गिरजे की वेदी के पीछे की दीवार पर लगा) सजावटी पर्दा

re-route री-रूट *vt* भिन्न मार्ग से भेजना या ले जाना, मार्ग बदलना [to ~ a bus etc]

resale री-सेल *n* ख़रीदी हुई चीज़ का बेचना, पुनर्विक्रय

rescind रि-सिन्ड *vt* रद्द करना, मंसूख़ करना [to ~ a law etc]; **recission** रि-सिश्ज़न *n* मंसूख़ी, निराकरण

rescript रीस्क्रिप्ट *n* **1** सरकारी घोषणा या आदेश, राजाज्ञा, शाही फ़रमान, **2** दोबारा लिखा गया लेख या नाटक आदि; पुनर्लेख

rescue रेॅस्क्यू *vt* & *n* **1** (मृत्यु, संकट, शत्रु आदि से) बचाना, छुड़ाना, छुटकारा दिलाना, (संकट में) सहायता करना, **2** *law* ग़ैर-कानूनी तौर से (व्यक्ति को) छुड़ा लेना, ज़बरदस्ती (माल) छुड़ा लेना; *n* **1** रक्षा, बचाव, छुटकारा, (संकट या ज़रूरत के समय में) सहायता [to come *or* go to s.o.'s ~, *or* to the ~], **2** ग़ैर-कानूनी रिहाई, **3** (माल, संपत्ति का) बलात् ग्रहण, **4 rescue party** सहायतादल, ~ **train** सहायता-गाड़ी; ~**r** *n* छुड़ाने वाला, बचाने वाला, मदद करने वाला, उद्धारकर्ता, उद्धारक

research रि-सर्च *n* & *vt* खोज (करना), अनुसंधान या अन्वेषण या गवेषणा (करना), शोध (करना); ~**er** *n* अनुसंधानकर्ता, अनुसंधायक, अन्वेषणकर्ता, अन्वेषक

resect रि-सेॅक्ट *vt* **1** (हड्डी आदि को) छीलना, काटना, **2** (फ़ेफड़े आदि का) भाग काट देना

resell री-सेॅल *vt* (resold) ख़रीद कर बेच देना, पुनर्विक्रय करना

resemblance रि-ज़ेॅम्ब्लन्स *n* **1** आकृति या शक्ल-सूरत का मिलना, रूपसाम्य, **2** सादृश्य, साम्य, समानता [~ **to** sth; ~ **between** *or* **of** two things]

resemble रि-ज़ेॅम्बल *vt* **1** रंग-रूप या आकृति या शक्ल-सूरत में मिलना, **2** मिलता-जुलता होना, सदृश या समान होना, वैसा ही होना

resent रि-ज़ेॅन्ट *vt* बुरा मानना, बिल्कुल पसंद न करना [to ~ doing sth], नाराज़ होना, अप्रसन्नता व्यक्त करना, बिगड़ना, कुढ़ना; ~**ful** *a* **1** बुरा मान जाने वाला, बिगड़ने वाला, बिगड़ा रहने वाला, **2** नाराज़, रुष्ट, **3** नाराज़गी का, नाराज़गी-भरा; ~**ment** *n* नाराज़गी, अप्रसन्नता, रोष, क्रोध

reservation रेॅज़र्-वेशन *n* **1** (गाड़ी, सिनेमा आदि में जगह का, होटल में कमरे का) आरक्षण, प्रारक्षण [We have made all the ~s for your journey], **2** *law* दूसरे को सौंपी गई जायदाद में अपने लिए रखा गया अधिकार, सुरक्षित अधिकार; ऐसा अधिकार सुरक्षित करने वाली धारा, **3** शर्त, प्रतिबन्ध, हिचक [to accept sth without ~], **4 mental reservation** मन में रखी हुई बात (जो कही न जाए), गुप्त उद्देश्य, **without mental** ~ मन में कोई दूसरी बात या उद्देश्य रखे बिना, नेकनीयती से, ईमानदारी से, सच्चे हृदय से

reserve^1 रि-ज़र्व *n* **1** (भविष्य के लिए) बचा कर रखी हुई चीज़, **2** (संभाव्य देनदारी के भुगतान के लिए रखी) रकम, निधि, कोष; ~ **fund** आरक्षित निधि या कोष; ~ **currency** आरक्षित विदेशी मुद्रा, **3** जमा वस्तु, संचय [has a great ~ of energy], **4** *mil* (in *sing*. or *pl*.) सैनिक जिन्हें साधारणतया लड़ाई में नहीं भेजा जाता किन्तु कुमक के रूप में या संकट-काल में ही काम पर बुलाया जाता है, रिज़र्व सेना, रिज़र्व सैनिक, **5** *sport* अतिरिक्त खिलाड़ी, **6** (विशेष काम के लिए) अलग रखी हुई जगह, आरक्षित क्षेत्र; **in** ~ (विशेष काम के लिए) बचा कर रखा हुआ [I have some mony in ~]; **7** शर्त, प्रतिबन्ध, सीमा, **without** ~ पूर्णत: [I accept your statement without ~]; **with all** ~, **with all proper** ~s अनुमोदन या पुष्टि न करते हुए; **8 reserve price** (नीलाम आदि में) निम्नतम (नियत) मूल्य, **9** आत्मसंयम, विवेक, समझदारी, **10** मितभाषिता, मौन, संकोच, रुखाई आदि

reserve^2 *vt* **1** (भविष्य के लिए) रख छोड़ना, बचा रखना; **to** ~ **oneself for** अपनी शक्ति (का अभी **प्रयोग** न करना और कार्यविशेष के लिए) बचा रखना [R~ yourself the assault]; **2 to** ~ **judgement** फ़ैसला सुनाना स्थगित रखना; **3** (जगह आदि) रोक रखना या रुकवा लेना, आरक्षित करना या कराना [to ~ a seat, room, etc], **4** (अधिकार आदि) अपने पास रखना, सुरक्षित रखना [to ~ the right to do sth], **5** (किसी काम या व्यक्ति के लिए) नियत या निर्दिष्ट करना, रखना, रख छोड़ना [to ~ sth **for** s.o.]

reserved रिज़र्व्ड *a* **1** (of person) कम बोलने वाला, चुप्पा, घुन्ना, जो मन की बात तुरन्त न कह दे, संकोची, **2** (of place) आरक्षित, **3 All rights reserved** समस्त (प्रतिलिपि-)अधिकार सुरक्षित हैं (अर्थात् लेखक या प्रकाशक या मालिक के पास हैं), **reservedly** रि-ज़र्विड्लि *adv* **संकोच** से

reservist रिज़र्विस्ट *n* रिज़र्व सैनिक = reserve^1, 4

reservoir रेॅज़र्-व्वार *n* 1 (कृत्रिम या प्राकृतिक) जलाशय, तालाब, सरोवर, हौज़, कुंड, टंकी, 2 *fig* भंडार, आगार, कोष, खान [~ of knowledge, facts, etc]

resettle री-सेॅटल *vt* (लोगों को) फिर से बसाना [to ~ refugees in Dandakaranya], **~ment** *n* पुनर्वास

reshuffle री-शफ़ल *vt* & *n* 1 (ताश के पत्ते) फिर से फेंटना; **2 to ~ the Cabinet** मन्त्रियों के विभागों में फेर-बदल करना; *n.* a **Cabinet ~** मन्त्रियों के विभागों का फेर-बदल, मन्त्रिमंडल का पुनर्गठन

reside रि-ज़ाइड *vi* **1** (of person) रहना, निवास करना [to ~ at, in, **abroad**, etc], **2** (of power, right) निहित होना [to ~ **in** s.o.], **3** (of qualities) होना; विद्यमान होना [to ~ **in**]

residence रेॅज़िडन्स *n* **1** वास, निवास, रिहाइश [to have, take up, (one's) ~ **at** . . . .], **2** घर, निवास-स्थान, बंगला, कोठी [town and country ~s for sale]; **3** (नियुक्ति के स्थान पर) रहना, निवास (करना) [~ is essential]; to be in ~ नियत या सरकारी निवास-स्थान में होना

residency रेॅज़िडन्सि *n* रेज़िडेण्ट का निवास-स्थान या बंगला (see foll. *n*, 2)

resident रेॅज़िडन्ट *a* & *n* **1** रहने वाला, निवास करने वाला, whether ~ at home or abroad स्वदेश में अथवा विदेश में रहने वाला; **2** जिसका निवास नियुक्ति-स्थान पर हो, आवासी [~ doctor, master], *n* **1** निवासी, आवासी (opp. visitor), **2 R~** ब्रिटिश काल में देसी रियासतों में गवर्नर-जनरल का राजनीतिक प्रतिनिधि, रेज़िडेण्ट

residential रेॅज़ि-डेॅन्शल *a* **1** जहां लोगों के निजी मकान हों, रिहाइशी [~ area, street, quarter]; जहां रिहाइश की व्यवस्था हो [a ~ hotel]; ~ scheme मकान बनाने की योजना, आवास-योजना, 2 आवास-संबंधी, निवास-संबंधी, निवासीय [the ~ qualification for voters]

residual रि-ज़िड्युअल *a* & *n* शेष, अवशेष, अवशिष्ट, *n* शेष संख्या या राशि, शेष वस्तु, बाकी

residuary रि-ज़िड्युअरि *a* **1** (see residue, 2) अवशिष्ट संपदा का [~ legatee], **2** बाकी, शेष, 3 **~ powers** अवशिष्ट या शेष अधिकार

residue रेॅज़िड्यू *n* **1** बाकी बची हुई चीज़ या संख्या, बाकी, अवशेष, **2** उत्तराधिकार में मिली संपदा का वह अंश जो ऋण या कर आदि चुकाने के बाद बच रहे, अवशिष्ट संपदा, अवशिष्ट दाय, **3** *chem* अवशेष = foll.

residuum रि-ज़िड्युअम *n* (*pl* **-dua**) (*chem*) जलने के बाद बची हुई चीज़, अवशेष

resign रि-ज़ाइन *vt* & *i* **1** (पद) त्यागना, (नौकरी) छोड़ना, (अधिकार या दावा) त्यागना, *abs.* त्यागपत्र या इस्तीफ़ा देना [*Parl*: Resign! resign!], **2 to ~ oneself to s.o.'s** guidance किसी की सलाह पर पूरी तरह चलना; to ~ oneself to sleep निद्रादेवी की गोद में विश्राम करना; to ~ oneself to doing sth बिना आपत्ति या ननु-नच किए (काम) करने को तैयार हो जाना; **to ~ oneself to one's fate** अपने भाग्य पर संतोष कर लेना, जो भाग्य में बदा हो उसे चुपचाप सह लेना; *vi* [to ~ **as** Chairman; to ~ **from** Chairmanship]; **resigned** *a* (स्थिति, भाग्य आदि पर) संतोष कर लेने वाला, सब्र करने वाला, संतोषी

resignation रेॅजिग्-नेशन *n* **1** पदत्याग, **2** त्याग-पत्र, इस्तीफ़ा [**to give, tender, send in, one's** ~], **3** (अधिकार, दावे आदि का) त्याग [~ of a right], **4** भाग्य पर संतोष, अपने आप को ईश्वर पर छोड़ देना, बिना शिकायत किये कष्ट सहने की भावना, तितिक्षा

resile रि-ज़ाइल *vi* **1** (of bodies) सिकुड़ने या फैलने के बाद फिर पहली हालत में आना; लचीला होना; **2** स्थिति के अनुसार उत्साह दिखाना, **3** पीछे हटना, मुँह मोड़ना, पलट जाना [**to ~ from one's stand**]

resilience,-cy रि-ज़िलिअन्स,-न्सि *nn* **1** (of bodies) लोच, लचीलापन [the ~ of rubber]; **2** (of person) स्थिति के अनुसार अपने आप को ढाल लेने का गुण, स्थिति की मांग पर पूरा उतरने का गुण, उत्साह, सूझबूझ, आघात के बाद संभल जाने का गुण (also see buoyancy)

resilient रि-जिलिअन्ट *a* **1** लचीला, लोचदार, **2** (of person) स्थिति के अनुसार काम कर सकने वाला, सूझबूझ वाला; आघात के बाद झट संभल जाने वाला, रोग के बाद शीघ्र स्वस्थ हो जाने वाला

resin रेॅज़िन *n* चीड़ या देवदार आदि पेड़ों का चिपचिपा निर्यास (जो पानी में नहीं घुलता, *cf.* gum), राल, बरोज़ा, रेज़िन, धूना, धूप; **resinous** रेॅज़िनस *n* रालदार, राल-जैसा

resist रि-ज़िस्ट *vt* **1** मुकाबला करना, सामना करना, प्रतिरोध करना, रोकने का प्रयत्न करना, रोकना [to ~ an attack], **2** विरोध करना, न मानना, ठुकराना, न होने देना [to ~ a proposal, plan, etc], **3 to ~** a temptation लोभ का संवरण करना, **He cannot ~ a joke** etc (i) यदि कोई चुटकुला याद आ जाये तो सुनाये बिना नहीं रह सकता, (ii) चुटकुला सुन कर हँसे बिना नहीं रह सकता, **4** रोकना, का प्रभाव न पड़ने देना [to ~ heat, moisture, infection]; **~er** *n* प्रतिरोधकर्ता, passive ~er सत्याग्रही

resistance रि-ज़िस्टन्स *n* **1** विरोध, मुकाबला, सामना [to offer ~ **to** police etc], **passive ~** (see passive); **2** रोक, रुकावट, बाधा, **3** *phys* प्रतिरोध, प्रतिरोध-शक्ति; *electr.* विद्युत्-धारा-रोधी उपकरण का पुर्ज़ा-विशेष, प्रतिरोधक, **4 line**

of ~ प्रतिरोध की दिशा; (*fig*) **to take the line of least ~** सुगमतम मार्ग अपनाना

resistant रि-ज़िस्टन्ट *a* **1** जो असर न पड़ने दे, प्रतिरोधी, **2** (of plant), **rust-~** जिस पर फफूंदी न लगे, फफूंदी-रोक

resistless रि-ज़िस्ट्लिस *a* **1** (*arch*) जिसे रोका न जा सके, अदम्य, प्रबल, जिसका संवरण न किया जा सके; **2** विरोध न करने वाला, दब्बू

resistor रि-ज़िस्टर *n* (*electr*) प्रतिरोधक

resole **री-सोल** *vt* (जूते में) नया तल्ला लगाना

resoluble रि-ज़ॉल्युबल *a* **1** समाधेय, **2** *chem* विश्लेप्य

re-soluble री-सॉल्युबल *a* (*chem*) जिसे फिर घोला जा सके, पुनर्विलेय

resolute रे ज़-ल्यूट *a* **1** (of person) कृतसंकल्प, दृढ़संकल्प, पक्के इरादे का, स्थिरनिश्चय, जो डाँवाँडोल न हो, न झिझकने वाला, **2** (of temper) पक्का, दृढ़, स्थिर

resolution रे ज़-ल्यूशन *n* **1** विश्लेषण, विघटन, विखंडन, **2** रूप-परिवर्तन, **3** (समस्या का) समाधान, हल, (सन्देह की) निवृत्ति [~ of a problem, doubt, etc], **4** (सभा का) प्रस्ताव, **5** संकल्प, निश्चय, दृढ़ विचार, पक्का इरादा, **6** **दृढ़संकल्पता**, **7** पकने से पहले ही फुंसी-फोड़े का ख़तम हो जाना

resolve^1 रि-ज़ॉल्व *vt* & *i* **1** *chem* विश्लेषण करना, तत्त्वों को अलग-अलग करना, विघटित करना या होना [A compound is ~d **into** its elements], **2** बदलना, परिवर्तन करना, बनाना [The water ~s itself **into** vapour], **3** रूप धारण करना, बनना [The House ~s itself **into** a committee], **4** सुलझाना, निपटाना, समाधान करना [to ~ a problem]; to ~ a doubt सन्देह दूर करना, **5** *med* फुंसी-फोड़े को पकने से पहले ख़तम कर **देना**, गलाना, **6** निश्चय करना, संकल्प करना, इरादा करना, ठानना [to ~ **upon doing, to do,** sth]; *vt* इरादे का कारण बनना [This revelation ~d us **on going** *or* **to go**]; **7** (*pp* used in minutes of meeting) **Resolved that ....** प्रस्ताव पास किया गया कि ····, **~d** *a* कृतसंकल्प, दृढ़-संकल्प

resolve^2 *n* (=resolution, 5) संकल्प, निश्चय, पक्का इरादा

resolvent रि-ज़ॉल्वन्ट *a* & *n* (*med*) फोड़े आदि को ख़तम करने की (औषध)

resonance रे ज़-नन्स *n* **1** गूंज, प्रतिध्वनि, अनुनाद, **2** *mus* स्वर-कंपन, गिटकिरी

resonant रे ज़-नन्ट *a* **1** (of sound) गूंजने वाला, प्रतिध्वनित होने वाला, गंभीर, **2** (of bodies, rooms, etc) प्रतिध्वनि या गूंज पैदा करने वाला, अनुनादी; **3** (of place) गूंजता हुआ, गुंजायमान, मुखरित [~ **with** voices]

resonate रे ज़नेट *vi* प्रतिध्वनि या गूंज पैदा करना

resonator रे ज़नेटर *n* **1** एक ही स्वर से कंपित या अनुनादित होने वाला यन्त्र, अनुनादी, **2** गूंज पैदा करने का यन्त्र, अनुनादक, प्रतिध्वनिकर

resorb रि-सॉर्ब *vt*=re+absorb **1, 2**; *q.v.*

resort^1 रिज़ॉर्ट *vi* **1** सहारा लेना, काम लेना, काम में लाना, **to ~ to force** बल-प्रयोग करना, to ~ to blows हाथापाई करने लगना, **2** (प्राय: बड़ी संख्या में) जाना, आया जाया करना [**to ~ to** a place, person]

resort^2 *n* **1** जिसका सहारा या आश्रय लिया जाए, जिसकी मदद या सहायता ली जाए, जिसे काम में लाया जाए, उपाय, साधन, चारा [This is the only ~]; (उपाय का) प्रयोग या उपयोग [cannot be done without ~ **to** force]; **in the last ~, as a last ~** अन्तिम उपाय के रूप में, लाचार हो कर, **2** आना-जाना, आवागमन [a place of great ~], **3** जहां लोग (विशेष उद्देश्य से) आते-जाते हों, स्थान, केन्द्र, सैरगाह [health ~, holiday ~, mountain ~; seaside ~]

resound रि-ज़ाउंड *vi* **1** (of place) प्रतिध्वनित होना, गूंजना [to ~ **with** cries, hurrahs], (of voice) गूंजना, **2** (of intsrument) प्रतिध्वनि या अनुनाद (पैदा) करना; **3** (of fame) फैल जाना, (of event) की बहुत चर्चा होना, शोर या धूम मचना

resounding रि-ज़ाउंडिङ्ग *a* गूंजने वाला; जिसकी धूम मच जाए, बहुत शानदार [It was a ~ success]

resource रिसॉर्स, रिज़ॉर्स *n* **1** in *pl* (भरण-पोषण, रक्षा आदि की) सामग्री, साधन, संसाधन [a country's ~s], **2** धन, संपत्ति, **3** उपाय, युक्ति, साधन [to be at the end of one's ~s], **4** काम निकालने की चतुराई, उपाय-कुशलता, सूझ-बूझ [is full of ~, is a man of ~]; हाज़िर-जवाबी, **5** मनोविनोद का साधन [Reading is a great ~], **to leave s.o. to his own ~s** खाली समय बिताने या समस्याएं सुलझाने के लिए कोई सहायता न देना, असहाय छोड़ देना; **~ful** *a* **1** साधन-सम्पन्न, **2** काम निकाल लेने वाला, सूझबूझ वाला, चतुर

respect^1 रिस्-पे क्ट *n* **1** संबंध, लगाव, वास्ता; **with ~ to** के संबंध या बारे में, जहां तक (इस) का संबंध या सवाल है; **2** पहलू, विषय, बात [**in some, many,** ~s], **3** ध्यान, ख़्याल, परवाह [did it **without** ~ **to** the results]; **4** आदर, सम्मान, इज्जत, प्रतिष्ठा [is worthy of ~, is held in ~], **5** (वि॰ धनी या प्रभावशाली व्यक्ति के प्रति) पक्षपात, लिहाज़ [**without ~ of persons**]; **6** in *pl* आदर या श्रद्धा की अभिव्यक्ति, प्रणाम, नमस्कार, नमस्ते [Give him my ~s];

to pay one's ~s to s.o. (पूज्य व्यक्ति को) प्रणाम करने जाना; के दर्शन करने जाना, **to pay one's last ~s to** (के प्रति आदर व्यक्त करने के लिए) अन्त्येष्टि में सम्मिलत होना

respect^2 *vt* **1** आदर या सम्मान या इज़्ज़त करना, **2** लिहाज़ करना, पक्षपात करना, भेद-भाव बरतना, **to respect persons** (धनी या प्रभावशाली) व्यक्तियों का लिहाज़ करना, **3** का ध्यान या ख़्याल रखना [to ~ s.o.'s opinions], के प्रतिकूल आचरण न करना, भंग न करना, पालन करना, [to ~ the law]; **4 to ~ oneself** में आत्मसम्मान होना

respectability रिस्पे॑क्ट-बिलिटि *n* **1** माननीयता, **2** प्रतिष्ठा, इज़्ज़त, **3** प्रतिष्ठित व्यक्ति या वर्ग, इज़्ज़तदार लोग

respectable रिस्-पे॑क्ट-बल *a* & *n* **1** माननीय, आदरणीय, **2** प्रतिष्ठित, इज़्ज़तदार, **3** उचित, नेक, भला, अच्छा [did it from ~ motives], **4** काफ़ी, काफ़ी बड़ा [a ~ number of people]; काफ़ी अच्छा [a ~ painter], (of activity, clothes, etc) भद्रजनोचित, ठीक; *n* प्रतिष्ठित आदमी, भद्रजन

respecter रिस्-पे॑क्टर *n* लिहाज़ या पक्षपात करने वाला, भेदभाव बरतने वाला [Death, Law, is no ~ of persons]

respectful रिस्-पे॑क्ट्फ़ल *a* **1** आदर या सम्मान करने वाला; आदरपूर्ण, सम्मानपूर्ण, **2** सम्मानसूचक [stood at a ~ distance]

respecting रिस्-पे॑क्टिङ्ग *prep* के विषय या बारे में

respective रिस्-पे॑क्टिव *a* अपना-अपना, निजी, व्यक्तिगत [Go to your ~ places]; **~ly** *adv* क्रमानुसार, यथाक्रम, क्रमश:

respirable रे॑स्प-र-बल *a* (of air, gas) जिसमें सांस लेना ठीक हो, श्वास (लेने) योग्य, श्वसनीय

respiration रे॑स्प-रेशन *n* **1** साँस लेना, श्वसन, **2** सांस, श्वास, श्वासोच्छ्वास

respirator रे॑स्परेटर *n* **1** मुंह और नाक पर पहनने का जाली का नकाब [जिससे छन कर हवा फेफड़ों में जाती है], हवा साफ़ करने की जाली, **2** विषैली गैस से बचने का उपकरण=gas mask; **3** कृत्रिम श्वसन का उपकरण, श्वासोपकरण, श्वसित्र

respiratory रे॑स्पिरेट्रि *a* सांस लेने का, श्वसन-, श्वास- [~ organ]

respire रिस-पाइअर *vi* & *t* **1** सांस लेना (और छोड़ना), श्वासोच्छ्वास करना, **2** दम लेना, आराम करना, **3** आश्वस्त होना, जान में जान आना

respite रे॑स्पाइट *n* & *vt* **1** (अपराधी, ऋणी को) मोहलत, **2** तनिक विश्राम का समय, अवकाश, फ़ुरसत; विराम, **to work without (a) ~** लगातार काम करना, *vt* मोहलत देना, दण्ड स्थगित करना (पीड़ा, चिन्ता से) तनिक छुटकारा दिलाना, तनिक आराम देना

resplendence रिस्-प्ले॑न्डन्स *n* चमक-दमक, दीप्ति, आभा, प्रभा; **resplendent** रिस्-प्ले॑न्डन्ट *a* खूब चमकता हुआ, जगमगाता हुआ, चमचमाता हुआ, चमाचम; देदीप्यमान

respond^1 रिस्-पॉ॑न्ड *vi* **1** उत्तर देना, जवाब में कहना, **2** अनुरूप या संवादी क्रिया करना, जवाब देना [When abused he ~ed with a kick], **3** प्रभावित होना, असर पड़ना या होना [He does not ~ to kindness; illness ~s to treatment], **4** अनुकूल रुख़ अपनाना; **to ~ to a proposal** प्रस्ताव या सुझाव स्वीकार करने को तैयार होना, प्रस्ताव का अनुकूल उत्तर देना

respond^2 *n* (दीवार से लगा) अर्द्ध-स्तंभ (जिसपर मेहराब टिकती है), भित्ति-स्तंभ

respondent रिस्-पॉ॑न्डन्ट *a* & *n* उत्तर देने वाला, उत्तरदाता, *n* (*law*) प्रतिवादी, प्रत्यर्थी, मुद्दालेह

response रिस् पॉ॑न्स *n* (f. respond^1) **1** उत्तर, जवाब, **2** जवाब में की गई कार्यवाही, प्रतिक्रिया, अनुक्रिया [My appeal to him for help evoked no ~]

responsibility रिस्पॉ॑न्सि-बिलिटि *n* **1** ज़िम्मेदारी, उत्तरदायित्व, **to act on one's own ~** अपनी ज़िम्मेदारी पर काम करना, किसी के आदेश या निर्देश के बिना काम करना; **to take the ~ of doing sth** किसी काम का ज़िम्मा लेना, *n* **2** सौंपा गया काम, भार, ज़िम्मेदारी (का काम) [A family is a great ~]

responsible रिस्-पॉ॑न्सिबल *a* **1** उत्तरदाता, उत्तरदायी, जिससे जवाब मांगा जा सके, जवाबदेह [to be ~ **to s.o. for** sth], **2** ज़िम्मेदार, उत्तरदायी [~ government], **3** विश्वसनीय, ईमानदार, **4** ज़िम्मेदारी का, उत्तरदायित्वपूर्ण [a ~ office, job], **5** (मूल) कारण, कारणभूत; to be ~ **for sth** का कारण होना [Substandard material used in their construction was ~ for the collapse of a number of flats], Who's ~ for this mess? यह गड़बड़ किसने की है?

responsive रिस-पॉ॑न्सिव *a* **1** उत्तर देने वाला; (of action) उत्तरस्वरूप, **2** जिस पर प्रभाव पड़े, प्रभावित होने वाला [~ **to** affection]; प्रभावग्राही, संस्कारग्राही, **3** सहानुभूतिपूर्ण, **4** अनुरूप (क्रिया करने वाला), अनुक्रियाशील; **~ness** *n* **1** प्रभावित होने का गुण, **2** सहानुभूति, **3** अनुरूप क्रिया करने का गुण, अनुक्रियाशीलता

rest^1 रे॑स्ट *vi* & *t* **1** आराम करना, विश्राम करना, सुस्ताना, दम लेना [He will not ~ until he achieves his objective]; काम रोकना या बन्द कर देना, **2** (काम का) रुका हुआ होना, छोड़ दिया जाना, अटकना [The matter ~s there], **3** सोना, लेटना, लेटा या पड़ा हुआ होना [~s in the churchyard]; **4** रखा या पड़ा हुआ

होना [a heavy responsibility ~s **on** you], 5 टिकना, टिका हुआ होना [the roof ~s on arches], 6 आधारित या आश्रित या अवलंबित या निर्भर होना [Trade ~s **upon** credit], 7 *vt* आराम (करने) देना [Rest your men for an hour], शांति देना, **God ~ his soul** ईश्वर उसकी आत्मा को शान्ति प्रदान करे; 8 टिकाना, रखना, 9 **~ing-place** विश्रामस्थल; last ~-ing-place कब्र, समाधि

rest^2 *n* 1 आराम, विश्राम [to take (one's) ~], 2 निद्रा, सोना [to go, retire, to ~], 3 काम न करने का समय, आराम करने का समय, अवकाश, छुट्टी [a day of ~; to take a ~], 4 शान्ति, चैन, **at rest** शान्त, निश्चिन्त, आराम से, निश्चेष्ट, न हिलता-डोलता हुआ, स्थिर, **to set s.o.'s mind** *or* **heart at ~** की चिन्ता दूर करना; 5 **to set a question at ~** मामला निपटाना; **to lay s.o. to ~** दफ़नाना, समाधिस्थ करना, 6 विराम, 7 टेक, सहारा [arm-~]; 8 *comb*: **~-cure** नीरोग होने के लिए (कुछ सप्ताह) बिस्तर पर लेटे रहकर आराम करना, विश्राम-चिकित्सा; **~-day** छुट्टी का दिन; **~-home** वृद्ध या कमज़ोर लोगों की देखभाल करने वाला संस्थान, सेवा-सदन; **rest-house** (in India) डाक-बंगला, विश्रामगृह, धर्मशाला, सराय, **~-room** (कारख़ाने या बड़ी दुकान आदि में) सार्वजनिक शौचालय

rest^3 *vi* 1 (स्थिति-विशेष में बना) रहना, होना, **Rest assured** विश्वास रखो, आश्वस्त रहो, निश्चिन्त रहो, 2 **to rest with** के हाथ में होना, के अधिकार में होना, के ज़िम्मे होना, का काम होना [It ~s with you to decide]

rest^4 *n* 1 **the rest** शेष, बाकी (वस्तु, काम) [to do the ~]; और लोग, दूसरे लोग, **and (all) the ~ of it** और इसी तरह की और बातें या चीज़ें; आदि, आदि, 2 **for the rest** जहां तक और बातों का सवाल है

restart री-स्टार्ट *vt* & *i* & *n*=re+start *q.v.* (यात्रा, कार्य आदि) पुन: आरंभ करना; *n* पुनरारंभ

restaurant रें'स्तरां, रें'स्टरोंन्ट *n* जलपानगृह, भोजनालय, **~ car** भोजनयान

restful रें'स्टफ़ल *a* 1 जहां आराम मिले, जहां कोलाहल न हो, नीरव, शांत, 2 सुखद, आरामदेह; **~ly** *adv* सुखपूर्वक, आराम से

restitution रें'स्टि-ट्यूशन *n* 1 (वस्तु या संपत्ति असली मालिक को) वापस देना, वापस दिलाना, प्रत्यर्पण [to make ~ of sth to s.o.], 2 क्षतिपूर्ति (करना), हरजाना या मुआवज़ा (देना), 3 **~ of conjugal rights** पुन: दांम्पत्य अधिकार दिलाना; दाम्पत्य अधिकारों का प्रत्यास्थापन

restive रें'स्टिव *a* 1 (of horse etc) अड़ियल, बेकाबू; 2 (of person) जो नियन्त्रण या अनुशासन में न रहे, बेकाबू, दुर्दननीय, दुर्दान्त, 3 अशान्त, उद्विग्न, घबराया हुआ, बेचैन

restless रें'स्ट्-लिस *a* 1 आराम न देने वाला, बेचैनी का [to have a ~ night]; 2 घबराया हुआ, परेशान, उद्विग्न, बे-आराम, बेचैन [He was ~ in his sleep], 3 बेसब्र, बेसबरा, अशान्त, अधीर [The audience is getting ~], 4 सतत क्रियाशील, हिलता-डोलता हुआ, अस्थिर, चंचल, 5 (of activity) अविराम, अनवरत; **~ness** *n* 1 घबराहट, उद्विग्नता, बेचैनी, 2 अधीरता, बेसबरी, 3 हिलता-डोलता रहना, अस्थिरता, चंचलता

restock री-स्टॉक *vt* नया माल देना, नया माल भरना [to ~ a shop]

restoration रें'स्ट-रें'शन *n* (see restore) 1 (माल, जायदाद की) वापसी; 2 (प्राचीन इमारत की) मरम्मत, जीर्णोद्धार, 3 पुन: स्वास्थ्यलाभ; 4 (कर्मचारी की) बहाली, 5 **The R~** इंग्लैंड में (1660 में) फिर से राजतंत्र की स्थापना (का युग)

restorative रिस्टॉ'र-टिव *a* & *n* शक्तिदायक या स्फूर्तिदायक या स्वास्थ्यवर्द्धक या पौष्टिक (औषध, भोजन, पेय आदि)

restore रिस्-टॉर *vt* 1 वापस देना या दिलाना [to ~ sth **to** s.o.], 2 (मरम्मत, संशोधन आदि द्वारा) फिर पहली स्थिति में लाना, मूल रूप में प्रस्तुत करना, मरम्मत करना, जीर्णोद्धार करना [to ~ a monument]; to ~ the text मूलपाठ प्रस्तुत करना; to ~ s.o. to health, to ~ s.o.'s health स्वास्थ्य ठीक करना, 3 (गद्दी, पद पर) पुन: प्रतिष्ठित करना, बहाल करना, 4 पुन: स्थापित करना [to ~ law and order]; 5 फिर से प्रयोग में लाना, फिर चालू करना; **~er** *n* 1 मरम्मत या जीर्णोद्धार या ठीक-ठाक करने वाला, 2 health-restorer=restorative

restrain रिस्-ट्रेन *vt* 1 रोकना [to ~ s.o. **from** (doing) sth], 2 काबू में रखना, दबाना [to ~ one's anger, passions, curiosity, etc]; to ~ oneself संयम से काम लेना, 3 कैद करना, अवरुद्ध करना

restraint रिस्-ट्रेन्ट *n* 1 रोक, रुकावट, प्रतिबंध, पाबंदी, बंदिश, बंधन [to put a ~ **on** s.o.]; to be **under** no ~ काम करने में बिल्कुल स्वतंत्र होना; **without ~** बे रोक-टोक, स्वतंत्रतापूर्वक; यथेष्ट मात्रा में, प्रचुर; 2 संयम, आत्मसंयम, अति न करना, अतिशयोक्ति से बचना, वाक्संयम, 3 (वि० पागलपन के कारण) अवरोध या कैद, **to keep** *or* **put s.o. under ~** किसी को पागलख़ाने में रखना

restrict रिस्-ट्रिक्ट *vt* 1 सीमित करना [Discussion today is ~ed to the economic aspect], 2 अधिकार सीमित करना, I am ~ed to advising मुझे केवल सलाह देने का अधिकार है; 3 पाबंदी लगाना, कम करना [to ~ the consumption of alcohol], **restricted** *a* 1 सीमित [~ed suffrage]; संकुचित [~ed horizon], 2 (of place) जहां किसी प्रकार की पाबन्दी लगी हो, ~ **area** जहां गाड़ियों की गति पर सीमा लगी हो, सीमित-गति क्षेत्र; (U.S.) जहां सैनिकों के जाने की मनाही हो, प्रतिबंधित या वर्जित क्षेत्र

restriction रिस्-ट्रिक्शन *n* 1 रोक लगाना, नियन्त्रण, 2 सीमित करना, कम करना, परिसीमन [~ of expenditure], 3 रोक, प्रतिबन्ध, पाबन्दी [to place ~s on the sale of narcotics etc]

restrictive रिस्-ट्रिक्टिव *a* 1 सीमित करने का, ~ **practice** (in industry) होड़ कम करने या उत्पादन सीमित करने का समझौता, परिसीमन-समझौता, 2 प्रतिबन्ध या पाबंदी लगाने का, प्रतिबन्धक, प्रतिबन्धी, प्रतिबन्धात्मक

result^{1} रि-ज़ल्ट *vi* 1 परिणाम या नतीजा होना या निकलना, फल होना [to ~ **from** a cause, to ~ **in** an effect; The attempt ~ed **in** failure, success, etc]; *log* निष्कर्ष निकलना, मतलब होना [it ~s **from** this that . . .]

result^{2} *n* 1 परिणाम, नतीजा (also of exam.); फल, अन्त, अंजाम; **as a ~ of** के फलस्वरूप; **without ~** निष्फल, व्यर्थ, बेकार, 2 *arith* फल

resultant रि-ज़ल्टन्ट *a* & *n* परिणामी [~ force, velocity], *n* परिणाम, परिणामी बल आदि [~ of two, three, forces]

resume रि-ज़्यूम *vt* & *i* 1 फिर प्राप्त या ग्रहण करना, फिर लेना [to ~ one's liberty, one's seat]; फिर अधिकार करना [to ~ a territory], 2 (व्यवधान या विराम के बाद) फिर आरंभ करना [The House ~d (work)]; फिर बोलना शुरू करना, 3 मोटी-मोटी बातें फिर से कहना, संक्षेप तैयार या प्रस्तुत करना

resumé F रेॅज़ु-मे *n* संक्षेप, सारांश, सार-वृत्त

resumption रि-ज़म्प्शन *n* 1 पुनरारंभ, 2 पुनर्ग्रहण, पुनरधिकार (करना)

resupinate रि-स्यूपिनेट *a* (*bot.*, of leaf etc) उल्टा, औंधा, विपर्यस्त

resurgence रि-सर्जन्स *n* (विनाश या पराजय के बाद) फिर उठ खड़ा होना, पुनरुत्थान, पुनरुज्जीवन

resurgent रि-सर्जन्ट *a* फिर से उभरने वाला, उद्दीयमान [~ nationalism]

resurrect (रेॅज़रेॅक्ट) *vt* 1 *colloq* (प्रथा, रिवाज) फिर से चालू या प्रचलित करना [to ~ a practice, custom], 2 कब्र से निकालना, पुनरुज्जीवित करना, नई जान डालना

resurrection रेॅज़-रेॅक्शन *n* 1 पुनर्जीवन, नया जीवन, पुनरुज्जीवन, 2 R~ कयामत के दिन मुर्दों का कब्रों से उठ खड़े होना, 3 **R~** ईसा का कब्र से उठना; इस की स्मृति में उत्सव, 4 कब्र से निकालना; ~ **man** = ~ist; 5 पुन: प्रचलन, फिर रिवाज होना; ~**ist** *n* (Eng. *hist*) (चीर-फाड़ के लिए) कब्रों से शव निकाल ले जाने वाला

resuscitate रि-ससिटेट *vt* & *i* पुनर्जीवित करना या होना, फिर होश में लाना या आना; फिर से प्रचलित करना या होना

resuscitation रिससि-टेशन *n* पुनरुज्जीवन; पुन:-प्रचलन

ret रेॅट *vt* & *i* (सन, पटसन को) गीला कर के नरम करना; *vi* (of hay etc) गीला होना, गीला होकर ख़राब हो जाना

retail रीटेल *n*, *a*, *adv* & *vt* & *i* 1 थोड़ी-थोड़ी मात्रा में बिक्री, 2 खुदरा, परचून, फुटकर, to sell (goods) ~, **by** ~ खुदरा बेचना; *a* खुदरा, ~ **dealer** खुदरा व्यापारी; ~ **price** खुदरा कीमत; *adv* [Do you buy wholesale or ~ ?], *vt* 1 खुदरा बेचना, *vi* खुदरा बिकना [This pen is retailed **at**, **for** *or* retails **at**, **for**, Rs. 12.00], 2 विवरण देना, सविस्तर वर्णन करना, ब्योरेवार बताना

retailer री-टेलर *n* 1 खुदरा व्यापारी, परचूनिया, 2 ~ of news ख़बर फैलाने वाला

retain रि-टेन *vt* 1 (वस्तु को) स्थिर रखना, हिलने न देना, रोक रखना, 2 (वकील आदि को) कुछ पेशगी दे कर काम के लिए वचनबद्ध कर लेना, अटका लेना, प्रतिधारण करना, 3 (संपत्ति आदि) अधिकार में रखना, अपने पास रखना, न खोना, सुरक्षित रखना [to ~ all one's faculties], 4 (ज्यों का त्यों) बनाये रखना, (वैसा का वैसा) रहने देना, न हटाना, न मिटाना, न बदलना, 5 याद रखना, न भूलना

retainer रि-टेनर *n* 1 वस्तु पर अधिकार बनाये रखना, प्रतिधारण; 2 किसी तरह की सेवा के लिए वचनबद्ध किया जाना, 3 वकील आदि को वचनबद्ध करने के लिए दिया गया शुल्क, प्रतिधारण-शुल्क, 4 *hist* (रईस, नवाब का) अनुचर, आश्रित

retaining रि-टेनिङ्ग *a.* ~ **wall** पानी या मिट्टी को रोक रखने के लिए दीवार, पुश्ता; ~ **fee** = retainer, 3

retake री-टेक *vt* & *n* (रीटेक) फिर ले लेना या अधिकार कर लेना; *n* पुन: फ़ोटो लेना, पुन: ली गई फ़िल्म

retaliate रि-टैलिएट *vi* 1 (अपकार का) बदला लेना [to ~ **for** an injury, insult, etc], 2 उल्टा इलज़ाम या दोष लगाना, प्रत्यारोप लगाना [to ~ **upon** s.o.]; 3 बदले की कार्यवाही करना, जवाबी हमला करना, जैसे के साथ तैसा बर्ताव करना, 4 *econ* दूसरे देश द्वारा लगाये गये आयात-कर के बदले में उसके माल पर आयात-कर लगाना, जवाबी आयात-कर लगाना [to ~ **against** a country]

retaliation रिटैलि-एशन *n* 1 बदला, प्रतिशोध, प्रतिकार, 2 बदले की कार्यवाही, जवाबी कार्यवाही, 3 **in ~ for** के बदले या जवाब में

retaliatory रि-टैलि-अट्रि *a* बदले का, प्रतिकारात्मक [~ measures]

retard रि-टार्ड *vt* 1 धीमा करना, (गति) मन्द

करना [to ~ development, progress, etc], **2** रोकना या रुकना, बाधा डालना या पड़ना, **3** देर करना या लगाना, विलम्बित करना, (of tides, waves, etc) देर से आना या होना, विलंबित होना; **~ant** *a* मन्दक; **retardation** *n* विलम्बन, मन्द होना, मन्दन

retardatory रि-टार्ड-टरि *a* **1** विलम्ब करने वाला, विलम्बकारी, धीमा या मन्द करने वाला, मन्दक, **2** रुकावट या बाधा डालने वाला, अवरोधक

retarded रि-टार्डिड *a* **1** विलंबित; अवरुद्ध; पिछड़ा हुआ, **2 mentally ~ child** जिसके मस्तिष्क का विकास बहुत धीरे हो रहा हो या रुक गया गया हो, विलंबित-विकास शिशु, अवरुद्ध विकास वाला बच्चा, **मंदित बच्चा**

retardment रि-टार्ड्मन्ट =retardation

retch रेंच *vi* & *n* कै आने को होना, जी मिचलाना, मिचली आना, *n* मिचली, मतली, वमनेच्छा; वमन से पहले होने वाली आवाज़, उबकाई का शब्द

retention रि-टेंन्शन *n* (see retain), **1** धारण, प्रतिधारण, **2** स्मृति, धारणा, धारणा-शक्ति, **3** *med* मल-मूत्र आदि का रुक जाना, अवरोध, रुकावट, **4 retention price** उत्पादक को वचन-बद्ध करने के लिए दिया जाने वाला मूल्य, प्रतिधारण-मूल्य [~ price of steel etc]

retentive रि-टेंन्टिव *a* **1** (of substance) धारण करने वाला [~ **of** moisture]; ~ soil नमी धारण करने वाली धरती, **2** (of memory) धारणावती, पक्की, **3** (of bandage, etc) स्थिर रखने वाला, जमा कर रखने वाला; **~ness** *n* **1** धारणक्षमता, **2** (of memory) धारणाशक्ति

retiary रीशरि *n* जाल बुनने वाली मकड़ी

reticence रेंटिसन्स *n* **1** सारी बात न कहने का स्वभाव, कुछ बात छिपा लेने का स्वभाव, **2** मितभाषण, मितभाषिता, वाक्संयम, **3** मौनप्रियता, मौन, चुप्पी; **reticent** रेंटिसन्ट *a* **1** मितभाषी, **2** चुप्पा, मौनप्रिय, मौन [reticent **on, about,** a matter]

reticle रेंटिकल *n* दूरबीन के अगले शीशे के आगे बनी जाली

reticular *a* [f. reticulum, 2) जालवत्, जालीदार, ख़ानेदार

reticulate^{1} रि-टिक्युलेट *vt* & *i* छोटे-छोटे ख़ानों में विभक्त करना, ख़ानेदार या जालीदार बनाना [to ~ a surface]

reticulate^{2} रि-टिक्युलट *a*=reticular

reticulation रिटिक्यु-लेशन् *n* **1** जाल या जाली बनाना या बनना, **2** जाल, जाली

reticule रेंटिक्यूल *n* **1**=reticle, **2** *arch* (स्त्रियों का) हाथ का (जालीदार) बटुआ या थैला

reticulum रि-टिक्युलम *n* (*pl* **-la**), **1** (जुगाली करने वाले जानवरों का) दूसरा आमाशय, **2** जाली, जालीदार झिल्ली

retina रेंटिन: *n* (*pl* **-as, -ae**) आंख के डेले का पिछला पर्दा (जिस पर प्रतिबिम्ब पड़ता है, दृष्टिपटल, रैटिना; **~l** दृष्टिपटल का

retinue रेंटिन्यू *n* (नरेश आदि का) अनुचर-वर्ग, परिजन, नौकर-चाकर

retire रि-टाइअर *vi* & *t* **1** चला जाना, हट जाना, एकान्त में चला जाना [to ~ **into** a cave, monastery]; **to ~ into** oneself किसी से बातचीत न करना, किसी से मेल-जोल न रखना, अपने आप में मस्त रहना, **to ~ from the world** संन्यास ले लेना, to ~ (for the night) सोने जाना; **2** काम-काज या नौकरी छोड़ देना, सेवा-निवृत्त होना, अवकाश ग्रहण करना: **to ~ on a pension** पेंशन पाना; **3** अलग होना, हट जाना [to ~ **from** the race, **contest,** election]; **4** *vt* सेवानिवृत्त करना, रिटायर करना, **5** (*commerc*) हुंडी का पूर्व भुगतान करना [to ~ a bill of exchange]; **6** *finance* नोट का चलन रोक देना, नोट वापस ले लेना, **7** *mil* पीछे हटाना या हटना [The army ~d in good order]; **retired** रि-टाइअर्ड *a* **1** सेवानिवृत्त, अवकाशप्राप्त, **2** एकान्त, निर्जन [~d spot], **3** एकान्तसेवी, एकान्तवासी

retirement रि-टाइअर्मन्ट *n* **1** सेवानिवृत्ति, **~ pension** निवृत्ति-पेन्शन, **2** अलहदगी, एकान्तवास **[to go into, to live in,** ~], **3** एकान्त, एकान्त स्थान, निर्जन स्थान; **4 ~ of a bill** हुंण्डी का पूर्व-भुगतान

retiring रिटाइअरिङ्ग *a* **1** सेवानिवृत्त होने वाला, निवर्तमान , कार्यभार से मुक्त होने वाला [the ~ president], **2** अल्पभाषी; शर्मीला, संकोची, **3 ~ room** विश्रामकक्ष, **4 ~ pension** निवृत्ति-पेंशन

retort^{1} रि-टॉर्ट *vt* & *i* & *n* **1** (इलज़ाम, मज़ाक, कटाक्ष का) तीखा या करारा जवाब देना, उल्टा इलज़ाम लगाना [to ~ a charge, jest, sarcasm, etc **(up)on** s.o.]; **2** किसी का तर्क उसी के विरुद्ध प्रयुक्त करना [to ~ an argument **against** s.o.]; **3** करारा जवाब देना, प्रत्युत्तर देना ['It's your fault', he retorted]; बदले की जवाबी कार्यवाही करना; *n* चुभता हुआ या तीखा उत्तर, करारा जवाब, मुंहतोड़ जवाब

retort^{2} *n* (*chem*) (नीचे को मुड़ी हुई लंबी गर्दन वाला) भवका, रिटार्ट

retortion रि-टॉर्शन *n* **1** पीछे मुड़ना, पलटना, पलटा, **2** (एक देश द्वारा दूसरे के नागरिकों के विरुद्ध) जवाबी कार्यवाही, बदले की कार्यवाही

retouch री-टच *vt* & *n* (लेख, चित्र, फ़ोटो आदि) ठीक करना, सुधारना, सँवारना, परिष्कार करना; *n* सुधार, संशोधन, परिष्कार

retrace रि-ट्रेस *vt* **1** (किसी चीज़ के) मूल या आरंभ का पता लगाना, **2** (अतीत का) यथाक्रम स्मरण करना, (अतीत का) विवरण प्रस्तुत करना,

3 to ~ one's steps पीछे हटना, लौटना, *fig* अपनी कार्यवाही रद्द करना

retract^1 रि-ट्रैक्ट *vt* & *i* **1** पीछे खींचना, समेटना या सिमटना, सिकोड़ना या सिकुड़ना [The cat's claws ~, *or* can be ~d]

retract^2 *vt* (अपने मत या बयान से) फिर जाना, मुकरना, (अपने मत या बयान की ग़लती स्वीकार करते हुए उसे) त्याग देना, प्रत्याख्यान करना [to ~ an opinion, a statement, *or abs*], (अपने वचन का) पालन करने से इन्कार करना

retractable रि-ट्रैक्ट-बल *a* (f. retract^1) जिसे समेटा या सिकोड़ा जा सके, आकुंचनशील

retraction रि-ट्रैक्शन *n* (f. retract^1) आकुंचन, सिमटना, सिकुड़ना

retractation री-ट्रैक्-टेशन *n* (f. retract^2) (वादे से) फिरना, मुकरना; (अपने मत का) प्रत्याख्यान

retractile रि-ट्रैक्टाइल *a* (of organ, etc) आकुंचनशील

retractor रि-ट्रैक्टर *n* सिकोड़ने वाली पेशी, सिकोड़ने का उपकरण, आकुंचक

retral रीट्रल *a* (*biol*) पीछे का, पिछला, पश्च

retranslate रीट्रैन्स्-लेट *vt* (वि० अनुवाद का) फिर मूल भाषा में अनुवाद करना

retread री-ट्रे॑ड *vt* टायर के बाहरी घेरे को पूर्ववत् उभरा हुआ बनाना

retreat^1 रि-ट्रीट *vi* & *t* **1** (esp. of army) पीछे हटना, मैदान या मोर्चा छोड़ना, **2** पीछे को हटा या झुका हुआ होना [a ~ing forehead]; **3** *vt*(chess) (मोहरे को) पीछे हटाना

retreat^2 *n* **1** पीछे हटना, पलायन [**to be in** ~]; **to beat a ~** (*mil*) पीछे हटना; (*fig*) हाथ में लिया हुआ काम छोड़ देना, **to make good one's ~** सकुशल पीछे हटना, साफ़ निकल जाना, **2** (सूर्यास्त के समय सैनिकों को) वापस बुलाने का बिगुल [to sound a, the, retreat]; **beating the ~** (सैनिकों का) विसर्जन-समारोह; **3** एकान्त, एकान्तवास, एकान्त स्थान, **to go into ~** ध्यान लगाने के लिए एकान्त में चले जाना; **4** आश्रय, आश्रय-स्थल, शरणस्थान [~ of pensioners], **5** (डाकुओं का) अड्डा

retrench रि-ट्रे॑न्च *vt* & *i* **1** (ख़र्च) कम करना, घटाना, मितव्ययिता करना, किफ़ायत करना [to ~ the expenses, also *abs.*], **2** छँटनी करना [to ~ the staff], **3** (लेख आदि में) काट-छाँट करना, काट कर छोटा करना, निकालना, **4** *fortif* खाइयों आदि के रूप में भीतरी सुरक्षापंक्ति बनाना

retrenchment रि-ट्रे॑न्चमन्ट *n* **1** (ख़र्च का) घटाना, मितव्ययिता, **2** (कर्मचारियों की) छँटनी, **3** (लेख में) काट-छाँट; **4** *fortif* भीतरी मोर्चाबन्दी

retrial री-ट्राइअल *n* (f. retry) दोबारा (चलाया गया) मुकदमा, पुनर्विचार

retribution रे॑ट्रि-ब्यूशन *n* **1** (बुराई का) बदला, प्रतिकार, फल, **2** दण्ड, सज़ा [~ **of, for,** a crime]

retributive रि-ट्रिब्युटिव *a* बदला लेने के लिए किया हुआ, प्रतिकारात्मक; दण्डात्मक

retrievable रि-ट्रीव-बल *a* जिसे पुन: प्राप्त किया या सुधारा जा सके इत्यादि (see retrieve)

retrieval रि-ट्रीवल *n* (see foll) **1** पुन: प्राप्ति, **2** उद्धार, बचा लिया जाना, **3** क्षतिपूर्ति, **4** (भूल का) सुधार; **5 beyond, past, ~** जिसे पुन: प्राप्त न किया जा सके, जिसे बचाया न जा सके, (of loss) जिसकी पूर्ति न हो सके

retrieve रि-ट्रीव *vt* & *n* **1** (of dog) (घायल या मरे शिकार को) ढूंढ लाना, **2** (खोई हुई चीज़) पुन: पा लेना [to ~ a lost bag]; **3** to ~ one's fortune फिर अमीर बन जाना; **to ~ one's honour** पुन: प्रतिष्ठा पाना; **4** (खोज या स्मरण द्वारा) फिर पता लगा लेना; **5** (दुरवस्था से) निकाल लेना [to ~ **s.o. from** ruin]; **6** (भूल) सुधारना, (ग़लती) ठीक कर लेना [to ~ an error], **7** (घाटा) पूरा करना [to ~ a loss], *n* पुन: प्राप्ति की संभावना [beyond, past, ~]

retro- रे॑ट्रो *pref* पीछे, पीछे की ओर, पुन:, पीछे का, पश्च

retroact रे॑ट्रो-ऐक्ट *vi* **1** प्रतिक्रिया करना या होना, **2** पीछे जाना, उल्टा चलना, **3** (of law) पूर्व तिथि से लागू होना; पूर्वव्यापी होना; **~ion** *n* **1** प्रतिक्रिया, **2** विपरीत क्रिया, **3** पूर्वतिथि से लागू होना, पूर्वव्याप्ति; [retroaction of a law]; **~-active** *a* पूर्वतिथि से लागू होने वाला, पूर्वव्यापी

retrocede^1 रे॑ट्रसीड *vi* पीछे हटना या सरकना, पीछे रह जाना, दूर होते जाना; **~nt** *a* पीछे सरकने वाला

retrocede^2 रे॑ट्र-सीड *vt* (इलाका) लौटाना, वापस करना

retrocession रे॑ट्र-से॑शन *n* **1** (f. retrocede^1) पश्चगमन, प्रतीप गति, **2** (f. retrocede^2) (इलाका) लौटाना, वापसी, प्रत्यर्पण

retroflex रे॑ट्रफ़्लेक्स *a* (*anat*, *bot* etc) **1** पीछे को मुड़ा हुआ, **2** (*phonet*) मूर्धन्य

retrogradation रे॑ट्र-ग्र-डेशन *n* (*astron*) (ग्रह आदि का) पीछे की ओर जाता प्रतीत होना, पूर्व से पश्चिम की ओर जाना, प्रतीपगमन, पश्चगमन

retrograde रे॑ट्रग्रेड *a*, *n* & *vi* **1** पश्चाभिमुख, पीछे की ओर जाने वाला [~ motion], **2** अवनतिकारी, हालत बिगाड़ने वाला [a ~ policy], **3** उल्टा, प्रतीप [in ~ order], *n* पतित या भ्रष्ट व्यक्ति, *vi* पीछे की ओर जाना

retrogress रे॑ट्र-ग्रे॑स *vi* पीछे की ओर जाना; अवनति करना, ह्रास या पतन होना

retrogression रे॑ट्र-ग्रे॑शन *n* **1** (*astron*) = retrogradation, **2** पश्चगमन, अवनति, ह्रास, पतन; **retrogressive** *a*=retrograde *a*.

retro-rocket रॆ॑ट्र-रॊ॑किट *n* अन्तरिक्षयान की गति को धीमा करने के लिए उसमें लगा छोटा राकेट; मन्दक राकेट

retrospect रॆ॑ट्रस्-पॆ॑क्ट *n* 1 (अतीत घटना आदि का) चिन्तन या स्मरण, अनुचिन्तन [The trip is pleasant **in** ~], 2 सिंहावलोकन [A short ~ is now necessary]

retrospection रॆ॑ट्रस्-पॆ॑क्शन *n* अतीत घटना पर विचार (करना), अतीत का चिन्तन (करना); सिंहावलोकन (करना)

retrospective रॆ॑ट्र-स्पॆ॑क्टिव *a* 1 अतीत के विचार या चिन्तन का, अतीत पर विचार करने वाला, अतीतदर्शी, अनुदर्शी, 2 (of law) पिछली किसी तिथि से लागू होने वाला, पूर्वव्यापी, 3 (of view) पीछे का, पीछे की ओर का; **~ly** *adv* पूर्वतिथि से, गत काल से

retry री-ट्राइ *vt* फिर से मुकदमा चलाना

return¹ रि-टर्न *vi* & *t* 1 लौटना, वापस जाना या आना [to ~ **from** a journey]; 2 फिर पहली हालत पर आना [to ~ **to** one's old habits], 3 to ~ **to** a task फिर काम शुरू करना; to ~ **to** the subject फिर उसी विषय पर आना या विचार करना; 4 *vt* लौटाना, वापस करना; फेरना, 5 बदले में वैसा ही व्यवहार करना; to ~ like for like जैसे के साथ तैसा बर्ताव करना; to ~ s.o 's love प्रेम करने वाले से प्रेम करना, 6 (आय आदि का) हिसाब या विवरण देना, बताना [to ~ one's income at Rs. 5000.00], 7 फ़ैसला सुनाना, घोषित करना [They were all ~ed guilty, unfit for work], 8 (विधान-सभा या संसद् का सदस्य) निर्वाचित करना; ~ed candidate निर्वाचित उम्मीदवार, 9 (लाभ या नफ़ा) देना [Investments ~ a profit]: 10 उत्तर देना, **to ~ thanks** (भोज आदि के अवसर पर शुभकामनाओं के उत्तर में) धन्यवाद देना

return² *n* 1 लौटना, वापसी, प्रत्यागमन, प्रत्यावर्तन: ~ journey वापसी यात्रा: ~ (ticket) वापसी टिकट; **by ~ of post** लौटती डाक से; 2 **Many happy ~s (of the day)** आप के जन्मदिन पर मेरी शुभकामनाएं!, जुग-जुग जियो! 3 in *sing* or *pl* आय, आमदनी, प्राप्ति, लाभ, नफ़ा [The ~s were large; brings (in) an adequate ~], **small profits and quick ~s** थोड़ा मुनाफ़ा और (जल्दी अर्थात्) बहुत बिक्री, 4 लौटाना, वापस करना या देना, वापसी, 5 बदला, मुआवज़ा [in ~ for this service], 6 हिसाब-किताब, आँकड़े, विवरण [annual ~s], 7 निर्वाचन, निर्वाचन-परिणाम (की घोषणा)

returnable रि-टर्न-बल *a* वापस हो सकने वाला, लौटाऊ [~ goods]

returning रि-टर्निङ्ग *a.* **~ officer** निर्वाचन-अधिकारी

reunion री-यूनिअन *n* 1 पुनर्मिलन, 2 (मित्रों, संबंधियों, सहयोगियों का) समागम, गोष्ठी, मिलन, सम्मिलन

reunite रीयू-नाइट *vt* & *i* 1 फिर मिलाना या जोड़ना; फिर इकट्ठा करना [to ~ one's partisans]; फिर मेल-मिलाप कराना, समझौता कराना [to ~ a family], 2 *vi* फिर मिल जाना या जुड़ जाना; फिर इकट्ठा होना, फिर मेल-मिलाप करना

revalorize री-वैलराइज़ *vt* नया मूल्य निर्धारित करना [to ~ a currency etc], **revalorization** रीवैलराइ-ज़ेशन *n* नवमूल्य-निर्धारण

revaluation रीवैल्यु-एशन *n* पुनर्मूल्यन, पुनर्मूल्यांकन

revalue री-वैल्यू *vt* फिर से मूल्य निर्धारित करना, पुनर्मूल्यन करना

revamp री-वैम्प *vt* (see vamp¹) 1 जूते पर फिर से साज लगाना; 2 नया कर देना, सुधारना [An effort has been made to ~ the telephone service]

revanchism रि-वांचिज़म *n* (*polit*) अपना खोया हुआ इलाका पुन: ले लेने की नीति

reveal¹ रि-वील *n* (*archit*) (खिड़की या दरवाज़े की) बतखी, पक्ष, द्वारपक्ष

reveal² *vt* 1 (गुप्त बात, विचार) बता देना, व्यक्त करना, (गुप्त वस्तु) प्रकट करना, दिखा देना; to ~ itself प्रकट होना, दिखाई देना, ज्ञात होना, पता चलना, 2 (of God) आकाशवाणी या अन्तर्दृष्टि या इलहाम के रूप में व्यक्त करना; **~ed** *a* ईश्वरप्रदत्त, अपौरुषेय [~ed religion, book]

reveille रि-वैलि *n* सैनिकों को जगाने की बिगुल-ध्वनि

revel रॆ॑वल *vi* & *t* (-ll-), & *n* 1 (कोलाहल-सहित) उत्सव मनाना, खूब खाना-पीना, खूब शराब पीना, रंगरलियां मनाना, आमोद-प्रमोद करना; 2 to ~ **in (doing)** sth किसी काम में बड़ा मज़ा या आनन्द आना; 3 *vt* to ~ **away** (the money, the time) रंगरलियों में रुपया या समय नष्ट करना; *n* (in *sing* or *pl*) आमोद-प्रमोद, उत्सव, रंगरलियां [The ~s began, ended]

revelation रॆ॑व-लेशन *n* (see reveal²), 1 रहस्योद्घाटन, आंखें खोल देने वाली बात, (पता लगने वाली) नई बात [it was a ~ to me]; 2 ईश्वरीय ज्ञान, वेद, श्रुति, इलहाम

reveller रॆ॑व-लर *n* आनन्दोत्सव में भाग लेने वाला; रंगरलियां मनाने वाला, **holi revellers** होली खेलने वाले (लोग)

revelry रॆ॑वल्रि *n* उच्छृंखलतापूर्ण आमोद-प्रमोद, रंगरलियां

revenge¹ रि-वॆ॑न्ज *vt* 1 (किसी से किसी बात का) बदला लेना [to ~ oneself, to be ~d, **for sth, on s.o.**], 2 किसी (अन्य के साथ हुए अपकार)

का बदला लेना [to ~ one's friend etc], 3 हानि, अन्याय आदि का बदला लेना [to ~ an injury, injustice, etc]

revenge^2 *n* 1 बदला, प्रतिशोध, बदले की कार्यवाही, **to take~ on** s.o. (**for** sth), 2 बदला लेने की भावना, द्वेष [to do sth **in** (*or* **out of**) ~ (**for** sth)]; **~ful** *a* जिसमें बदला लेने की भावना हो, द्वेषी, (of act) द्वेषपूर्ण

revenue रे'विन्यू *n* 1 आय, आमदनी [~ **from** an estate etc], 2 **land** ~ मालगुज़ारी, 3 सरकार की वार्षिक आय जिससे सरकार का ख़र्च चलाया जाता है, राजस्व; 4 राजस्व विभाग, 5 *comb:* ~ **account** राजस्व खाता, ~ **expenditure** कर आदि के इकट्ठा करने में होने वाला खर्च, आगम-व्यय; ~ **receipt** आगम-प्राप्ति, ~ **stamp** रसीदी टिकट

reverberate रि-वर्‌वरेट *vt & i* 1 प्रतिध्वनित करना या होना, गुंजाना, गूंजना, 2 (प्रकाश, ताप) परावर्तित करना या होना

reverberation रि-वर्‌व-रेशन *n* 1 प्रतिध्वनि, गूंज, अनुरणन, 2 (प्रकाश, ताप का) परावर्तन

reverberating रिवर्‌वरेटिङ्ग *a*. ~ **furnace**= reverberatory *n*

reverberatory रि-वर्‌-बरट्‌रि *a & n* तपाने के लिए रखी वस्तु पर ही परावर्तित ताप डालने वाली (भट्‌ठी), परावर्तनी भट्‌ठी

revere रि-विअर *vt* के प्रति श्रद्धा या पूजा-भाव रखना, पूजा करना, बहुत आदर करना

reverence रे'व-रन्स *n & vt* 1 श्रद्धा, पूजा-भाव, सम्मान, आदर [to hold s.o. **in** ~; to feel ~ **for** s.o.], 2 श्रद्धा, श्रद्धा की भावना, आदर की भावना [The rising generation lacks ~]; *vt* =revere

reverend रे'व-रन्ड *a & n* पूजा के योग्य, पूज्य, श्रद्धास्पद, श्रद्धेय, माननीय, आदरणीय, *n* (usu in *pl*) ~s पादरीवर्ग

reverent रे'व-रन्ट *a* जिसमें सम्मान करने की भावना हो, सम्मान करने वाला, विनीत, श्रद्धालु

reverential रे'व-रे'न्शल *a* आदरपूर्वक, सम्मानपूर्ण

reverie रे'वरि *n* दिवास्वप्न, विचारमग्न होना [He was lost in (a) ~]

reversal रि-वर्सल *n* (f. reverse^3) 1 उल्टा करना या होना [~ of policy], उल्टा रूप, विपर्यय, 2 (फ़ैसले आदि की) मंसूखी, निराकरण

reverse^1 रि-वर्स *a* 1 उल्टा [the ~ side of a medal, picture, etc]; विपरीत, प्रतिकूल [in the ~ direction], प्रतीप, प्रतिलोम [in the ~ order]; ~ **gear** मोटर-गाड़ी को पीछे करने का गियर, 2 औंधा, 3 विरुद्ध, विरोधी; **~ly** उल्टे या विपरीत क्रम से, विपरीतत:

reverse^2 *n* 1 उल्टा (पहलू), पीठ, पृष्ठ, (of coin) पट, 2 उल्टी बात, उल्टा काम [He did the ~ of what he was told to do], विपरीत स्वभाव का व्यक्ति [He is the ~ of me], 3 बुरे दिन, विपत्ति, मुसीबत, तबाही, दुर्भाग्य [the ~s of fortune], 4 हार, पराजय [to suffer a ~]

reverse^3 *vt* 1 उल्टा करना, उलटाना, भीतरी भाग बाहर और बाहरी भाग भीतर करना; 2 औंधा करना, **to ~ arms** राइफ़लों को इस तरह पकड़ना कि कुन्दे ऊपर को हों; **R~ arms!** अधोशस्त्र! 3 उल्टा चलाना, पीछे करना या ले जाना [to ~ one's car], 4 पहले का काम बाद में और बाद का पहले करना, विपरीत विधि बरतना, उल्टाना [to ~ a process], 5 रद्द करना, मंसूख करना [to ~ a judgement, policy]

reversible रि-वर्सिबल *a* 1 जो उलट सके या उल्टाया जा सके, उलटवां, जो दोनों तरफ़ से काम में लाया जा सके, दुतरफ़ा [a ~ bag, jacket, etc], 2 जो रद्द हो सके

reversion रि-वर्शन *n* 1 नियत तिथि या अवधि (वि० दाता की मृत्यु) तक अन्य को दी गई संपदा (जिस के बाद वह दाता के उत्तराधिकारियों को मिल जाती है), estate in ~, प्रत्यावर्ती संपदा, 2 ऐसी संपदा का फिर दाता के उत्तराधिकारियों को मिल जाना; संपदा का परावर्तन या प्रत्यावर्तन, 3 ऐसी संपदा पाने का उत्तराधिकार, उत्तरभोग-अधिकार, 4 (बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु पर मिलने वाली) बीमे की रकम, 5 फिर पहली हालत पर आ जाना; (पूर्व पद पर) वापसी [~ **to** a post]

reversionary रि-वर्शनरि *a* 1 (see prec) प्रत्यावर्तन का [~ right]; प्रत्यावर्ती; 2 ~ bonus कुछ समय बाद मिलने वाला बोनस, प्रत्यावर्ती या प्रतिवर्ती बोनस

reversioner रि-वर्शनर *n* पूर्वज द्वारा दूसरे को दी हुई जायदाद को अन्तत: पाने वाला, उत्तरभोगी

revert रि-वर्ट *vi & t* 1 फिर पूर्व अवस्था में आ जाना, लौट आना; पहले पद पर आ जाना, 2 फिर उसी विषय पर आना [to ~ **to** a subject], 3 (of property etc) दाता के उत्तराधिकारियों को मिलना, प्रत्यावर्तित होना (see reversion) [The property will ~ **to** his heirs], 4 *vt* पहले पद पर भेज देना

revertible रि-वर्टिबल *n* (of property) जो असली मालिक या उसके उत्तराधिकारियों को मिल सके, प्रत्यावर्ती (see revert, 3)

revet रि-वे'ट *vt* (-tt-) (प्राचीर आदि पर) पलस्तर करना, ईंट-पत्थर लगाना, पुश्ता बनाना; **~ment** *n* 1 पलस्तर करने का काम, ईंट-पत्थर लगाने का काम; 2 (=retaining wall) पुश्ता, ढलवां खड़ंजा

revictual री-विटल *vt & i* =re+victual *q.v.*

review^1 रि-व्यू *n* 1 *law* (मुकदमे आदि पर)

पुनर्विचार [~ of a case]; **court of** ~ पुनविचार न्यायालय (जिसमें दूसरी अदालत द्वारा सुनाई गई सज़ा आदि पर विचार किया जाए), 2 सैनिक प्रदर्शन, सेना का निरीक्षण [to hold a ~]; **to pass in** ~ निरीक्षण करना; का निरीक्षण होना, 3 अतीत पर विचार, अतीत का स्मरण, सिंहावलोकन, 4 (पुस्तक की) समीक्षा, समालोचना, विवेचन; 5 समीक्षा-पत्रिका, समीक्षिका, 6 पुनरवलोकन, पुनरीक्षण

review^2 *vt* & *i* 1 (*law* etc) पुनर्विचार करना, 2 (अतीत पर) विचार करना, (अतीत का) स्मरण करना, 3 (सेना, सैनिक प्रदर्शन का) निरीक्षण करना, मुआयना करना [to ~ the troops), 4 समीक्षा करना, 5 फिर देखना, पुनरवलोकन करना; **~er** *n* (ग्रन्थ की) समीक्षा करने वाला, समीक्षक, समालोचक

revile रि-वाइल *vt* & *i* 1 गाली देना, बुरा-भला कहना, कोसना, निन्दा करना, बदनाम करना [to ~ s.o.]; *vi* 2 निन्दा करना [to ~ **at, against,** corruption, etc]

revisal रि-वाइज़ल *n* (f. foll) = revision

revise रि-वाइज़ *vt* & *n* 1 (समझने या याद करने के लिए) फिर पढ़ना, दोहराना, आवृत्ति करना, 2 (लेख को) ठीक करना, सुधार करना, संशोधन करना, 3 पुनर्विचार करना, बदल देना [to ~ a decision], संशोधन करना [to ~ a law]; *n* (*print*) संशोधित प्रूफ़

revision रि-विश्ज़न *n* 1 दोहराना, आवृत्ति, पुनरवलोकन, 2 संशोधन, सुधार, 3 पुनर्विचार; **~ism** *n* (वि० मार्क्स-लैनिन के सिद्धान्त के) संशोधन की नीति

revisionary रि-विश्ज़-नरि *a* पुनर्विचार करने का, पुनर्विचारात्मक

revival रि-वाइवल *n* (see foll) 1 संज्ञालाभ, चेतना-लाभ, नवजीवन-संचार, 2 (of arts, culture, religion, etc) पुनरुज्जीवन, पुनर्जागरण, नवजागरण (का प्रयत्न); 3 (of industry etc) पुनरुद्धार, पुनरुत्थान, 4 (of custom, treaty, etc) पुन: प्रचलन, पुन:प्रवर्तन, **~ism** *n* पुनर्जागरणवाद, पुनरुद्धारवाद; **~ist** *n* पुनरुद्धार करने वाला, पुनरुद्धारवादी

revive रि-वाइव *vi* & *t* 1 फिर होश में आना या लाना, अनुप्राणित होना या करना, नई जान आना या डालना, फिर जी उठना, 2 पुनरुज्जीवित होना या करना, (of courage, hope, desire) जगाना या जागृत होना, जाग उठना; 3 (of custom) पुन: प्रचलित होना या करना, (of law) पुन: लागू होना या करना; **to** ~ **an old charge** फिर पुराना इलज़ाम या आरोप लगाना

revivification रि-विवि-फ़िकेशन *n* पुनरुज्जीवन, पुनरुद्धार

revivify रि-विवि-फ़ाइ *vt* नई जान डालना, नव जीवन का संचार करना, पुनरुज्जीवित करना, पुनरुद्धार करना

revocable रॆ`व-क-ब्ल *a* 1 जिसे मंसूख या रद्द किया जा सके, काट्य, निरसनीय, 2 जिसे समाप्त किया जा सके, अस्थायी [~ post]

revocation रॆ`व-केशन *n* मंसूखी, रद्द करना या किया जाना, निरसन

revoke रि-वोक *vt* 1 मसूख करना, रद्द करना, हटा देना, काट देना [to ~ an order, a promise, one's consent], 2 (cards) पत्ता दबा लेना।

revolt रि-वोल्ट *vi* & *t* & *n* 1 विद्रोह करना, बग़ावत करना [to ~ **against** s.o.], 2 घृणा करना, ग्लानि होना [one's conscience, heart, revolts **at, against, from,** such an action etc], 3 *vt* (of action) (किसी में) घृणा या ग्लानि पैदा करना, घोर अरुचि पैदा करना [to ~ s.o.], *n* 1 विद्रोह, बग़ावत, ग़दर, बलवा, 2 घृणा, ग्लानि, जुगुप्सा, अरुचि, विरोध की भावना

revolting रि-वोल्टिंग *a* 1 विद्रोही, बाग़ी [~ troops]; 2 घृणित [~ behaviour]

revolution रॆ`व-लूशन *n* 1 परिभ्रमण, परिक्रमण, परिक्रमा, चक्कर (see revolve) [The second(s) hand makes 60 ~s a minute], 2 नियत अवधि के बाद बार-बार होना, आवृत्ति, आवर्तन, 3 एक दम आमूल-चूल परिवर्तन; उथल-पुथल, क्रान्ति, विप्लव, इनकिलाब

revolutionary रॆ`व-लूशनरि *a* & *n* 1 क्रान्तिकारी, 2 ~ change महान् परिवर्तन, आमूल-चूल परिवर्तन

revolutionist रॆ`व-लूश्निस्ट *n* क्रान्तिवादी, क्रान्तिकारी

revolutionize रॆ`व-लूश्नाइज़ *vt* महान् परिवर्तन लाना, एक दम बदल देना, कायापलट कर देना

revolve रि-वॉ`ल्व *vt* & *i* 1 घुमाना, चक्कर खिलाना [to ~ a wheel], 2 सोचना, सोच-विचार करना, मनन करना [to ~ a problem, an idea, in the mind], 3 *vi* घूमना, चक्कर खाना या काटना, परिक्रमा करना [The earth ~s both **round** the sun (परिक्रमा करती है) and **on** its axis (घूमती है)]

revolver रि-वॉ`ल्वर *n* पिस्तौल (जिससे एक के बाद एक कई गोलियां निकल सकती हैं), तमंचा

revolving रि-वॉ`ल्विंग *a* 1 घूमने वाला, परिभ्रमी, परिक्रामी, ~ **door** कीली पर घूमने वाला (प्राय:) चार जुड़े हुए फलकों वाला द्वार, परिभ्रमी द्वार, 2 ~ **fund** आवर्तक या आवर्ती कोष (जिससे खर्च किये गये धन से होने वाली आय उसमें डाली जाती रहे); ~ **credit** आवर्ती जमा (जिसमें से लिया हुआ उधार समय-समय पर लौटाते रहने से जमा बनी रहती है और उससे फिर उधार मिल सकता है)

revulsion रि-वल्शन *n* 1 एक दम पीछे हटना,

आकस्मिक प्रतिक्रिया; 2 घृणा, अरुचि, जुगुप्सा; 3 *med* किसी अंग का इलाज करने के लिए साथ वाले अंग पर औषध प्रयोग करना, प्रत्युत्तेजन; **revulsive** *a* (*med*) प्रत्युत्तेजक

reward रि-वॉर्ड *n* & *vt* 1 (भलाई या बुराई का) बदला, प्रतिफल, पलटा, 2 इनाम, पुरस्कार, *vt* बदला देना, इनाम या पुरस्कार देना, पारिश्रमिक देना [to ~ s.o. for sth]; ~**ing** *a* करने लायक (काम, अध्ययन आदि), लाभप्रद, लाभदायक [a ~-ing task], a ~ing book पढ़ने लायक पुस्तक

rewind री-वाइन्ड *vt* 1 फिर से चरखी पर लपेटना, 2 (घड़ी को) फिर से चाबी देना

reword री-वर्ड *vt* दूसरे शब्दों में कहना, शब्द या भाषा बदल देना

rewrite री-राइट *vt* फिर से लिखना, दोबारा लिखना

Rex रेॅक्स *n* (*abbr* R.) शासक, शासनकर्ता, राजा, बादशाह

rexine रेॅक्सीन *n* नकली चमड़ा, कृत्रिम चर्म, रेक्सीन

rhapsode रैप्सोड *n* प्राचीन यूनान का भाट या चारण

rhapsodize रैप्सडाइज़ *vi* 1 भाट या चारण की तरह गाना, 2 अतिप्रशंसा करना, प्रशंसा करते न थकना, (किसी के) गीत गाना; आनन्दविह्वल हो उठना [to ~ **over, on, about**, sth], 3 प्रशस्ति लिखना

rhapsody रैप्सडि *n* 1 *Gk ant* (एक समय में पूरा गाया जा सकने वाला) वीरकाव्य, वीरगाथा, 2 अतिप्रशंसात्मक चर्चा या रचना, प्रशस्ति, 3 *colloq* हर्षातिरेक

rhapsodical रैप्-सॉॅडिकल *a* अति प्रशंसात्मक, शब्दाडम्बरपूर्ण

rheostat रीअ-स्टैट *n* विद्युत्धारा को अभीष्ट स्तर पर रखने का यन्त्र, धारा-नियन्त्रक

rhetor रीटर *n* 1 (प्राचीन यूनान या रोम का) साहित्यशास्त्री, अलंकारशास्त्री, 2 **वाग्मी**, वाक्पटु व्यक्ति; भाषण झाड़ने वाला

rhetoric रेॅटरिक *n* 1 प्रभावशाली भाषण देने या लेख लिखने की कला, वाग्मिता, वाक्पटुता, 2 (often contempt) धूआंधार या जोरदार भाषण या वक्तृता, शब्दाडम्बर, वाग्जाल, 3 साहित्यशास्त्र, अलंकारशास्त्र

rhetorical रि-टॉॅरिकल *a* 1 प्रभावशाली, अत्युक्ति-पूर्ण, शब्दाडम्बरपूर्ण; ~ **question** जो कुछ जानने के लिए नहीं प्रत्युत श्रोताओं को अधिक प्रभावित करने के लिए पूछा जाए; *e.g.* 'Who does not know . . .?' for 'Everyone knows . . .', 2 आलंकारिक, 3 वाग्मी, वाक्पटु

rhetorician रेॅट-रिशन *n* 1 अलंकारशास्त्री, साहित्यशास्त्री, 2 प्रभावशाली वक्ता या लेखक (see rhetor, 2)

rheum रूम *n* (*arch*) गले या नाक आदि से निकलने वाला मल या स्राव; कफ, थूक, आंसू आदि

rheumatic रू-मैटिक *a* & *n* 1 गठियाग्रस्त (जोड़ या व्यक्ति), गठिया का (रोगी), 2 ~ **fever** गठिया का ज्वर

rheumatism रूम-टिज़म *n* गठिया, वात-रोग (also see gout)

rheumy रूमि *a* (*arch*). ~ eyes अश्रुपूर्ण नेत्र, धुंधली आंखें

rhino राइनो *n* (*pl* same *or* ~s (short for foll)

rhinoceros राइ-नॉॅस-रस *n* (*pl* same *or* ~-es) गैण्डा

rhizome राइज़ोम *n* तने का जड़-जैसा भूमिगत भाग जिससे जड़ें निकलती हैं, प्रकन्द, प्रमूल, राइज़ोम

rhodium^1 रोडिअम *n chem* प्लैटिनम-जैसी धातु-विशेष

rhodium^2 *n* पेड़-विशेष

rhododendron रोड-डेॅन्ड्रन *n* बड़े-बड़े फूलों वाली सदाबहार झाड़ी-विशेष

rhomb रॉॅम *n* 1 *geom* समचतुर्भुज (जिसमें कोई समकोण न हो), 2 = rhombohedron, 2

rhombic रॉॅम्बिक *a* समचतुर्भुजीय

rhombohedron रॉॅम्ब-हीड्रन *n* 1 छः समान समचतुर्भुजों वाली घनाकृति, समान्तरषट्फलक, 2 इस आकृति का स्फटिक

rhomboid रॉॅम्बॉॅइड *n* समान्तर चतुर्भुज जिसके आमने-सामने के (न कि साथ वाले) भुज एवं कोण बराबर होते हैं, समान्तर असमचतुर्भुज

rhombus रॉॅम्बस *n* 1 *geom* = rhomb, 1; 2 चपटी मछली की कुछ किस्में

rhubarb रूबार्ब *n* 1 चीन में पाई जाने वाली लता-विशेष, रेवत-चीनी, रेवन्द चीनी, रूबार्ब, 2 इस से बना रेचक, 3 पीला-भूरा रंग, 4 *colloq* (लोगों की बात-चीत का) शोर, बड़बड़ाहट

rhumb रम *n* 1 कुतुबनुमा पर बने 32 बिन्दुओं में से कोई एक; 2 ऐसे दो निकटतम बिन्दुओं के बीच का कोण = 11° 15′; 3 (also ~-**line**) एक ही नियत दिशा में जाने वाले जहाज या विमान का पथ, एकदिश(-नौ-) पथ

rhyme^1, **rime** राइम *n* 1 तुक, काफ़िया, अन्त्यानुप्रास (*e.g.* greet/deceit, quality/frivolity); **without ~ or reason; neither ~ nor reason** अकारण, यों ही, 2 (in *pl* or *sing*) तुकान्त कविता [He prefers blank verse to ~]. पद्य, in rhyme तुकान्त पद्य में

rhyme^2, **rime** *vi* & *t* 1 (of words or lines) तुक मिलना, अन्त्यानुप्रास होना [greet & deceit ~; greet ~s with deceit], 2 (तुकान्त) कविता लिखना, तुकबन्दी करना, 3 *vt* तुक मिलाना, छन्दोबद्ध करना; **rhymer** राइमर, **rhymester** राइम्स्टर *nn* तुक्कड़, साधारण कवि

rhythm रिदम, रिथम *n* 1 (पद्य, संगीत में) लय, ताल, 2 (पद्य अथवा गद्य के) शब्दों में प्रवाह, रवानी, 3 (*art* etc) विभिन्न अंगों में सामजस्य, 4 ~ **method** गर्भनिरोध की एक विधि जिसमें गर्भधारण की संभावना वाले दिनों में संयम किया जाता है, गर्भनिरोध की संयमविधि

rhythmic(al) रिद्मिक(ल) *aa* लयबद्ध, तालबद्ध

rib रिब *n* & *vt* (-bb-) 1 पसली, पशुका, **to poke** *or* **dig s.o. in the ~s** (किसी का ध्यान आकर्षित करने के लिए) छाती में कोहनी मारना, **to smite s.o. under the fifth rib** किसी के पेट में छुरा भोंकना (और जान से मार देना), 2 उभरा हुआ भाग या उभरी हुई रेखा, *e.g.* (पत्ते की) नस, (पर्वतमाला की) शाखा, (रेत पर बना) लहरों का निशान इत्यादि, 3 (छतरी की) कमानी, तीली, 4 (बुनाई में) उभरी हुई लकीर या धारी; *vt* उभरी हुई रेखाएं बनाना, धारियां बनाना, रेखायुक्त करना

ribbed रिब्ड *a* 1 रेखायुक्त, धारीदार [~ cloth], 2 (of leaf etc) नसयुक्त

ribald रिबल्ड *n* & *a* 1 बेहूदा मज़ाक करने वाला, इज़्ज़त उतारने वाला (व्यक्ति), फक्कड़बाज़, बदज़बान, 2 (of lang) अश्लील, बेहूदा, फूहड़ [~ joke, song, etc]

ribaldry रिबल्ड्रि *n* 1 बेहूदा मज़ाक, गाली-गलौज, फूहड़बाज़ी, 2 बेहूदगी, अश्लीलता

riband रिबन्ड *n* = ribbon

ribbon रिबन *n* 1 फ़ीता, रिबन, 2 (किसी चीज़ की) पट्टी, पटिया, धज्जी; to tear sth to ~s चिथड़े कर देना, 3 (in *pl*) बागें, रासें; ***attrib.*** **~ buiding, ~ development** नगर से बाहर जाने वाली सड़क पर मकान बनाना; ऐसे मकानों की पंक्तियां

rice राइस *n* 1 धान, शालि; husked ~ चावल; cooked ~ भात; parched ~ मुरमुरा, खील; 2 **rice-bowl** (*fig*) बहुत धान पैदा करने वाला क्षेत्र; **rice-paper** झीना कागज़ [*N.B.* It is made from the pith of an oriental tree]; **~-water** मांड़, पीच

rich रिच *a* & *n* 1 धनी, धनवान्, धनाढ्य, अमीर, सम्पन्न, समृद्ध, 2 (of soil) उर्वर, उपजाऊ, 3 बहुत अधिक, प्रचुर, विपुल [a ~ harvest], 4 (किसी पदार्थ से) भरपूर [Museum ~ in paintings]; सम्पन्न, समृद्ध [oil-~ countries], 5 (of food) जिसमें घी, मक्खन, चीनी तथा अन्य पौष्टिक तत्व प्रचुर मात्रा में हों, पौष्टिक, सारवान्, बढ़िया; 6 (of dress) शानदार, भड़कीला, 7 (of colour) गहरा, 8 (of sound) गंभीर, 9 (of incidents) अत्यन्त मनोरंजक, मज़ेदार; *n* **the rich** धनी लोग

riches रिचिज़ *n pl* धन, दौलत, समृद्धि, वैभव, अमीरी

richly रिच्लि *adv* पर्याप्त रूप से, सर्वथा, खूब, बिल्कुल [He ~ deserves, a thrashing, to succeed]

richness रिच्निस *n* 1 (rare) अमीरी, धनाढ्यता, समृद्धि, वैभव, 2 (of soil) उर्वरता, 3 बहुतायत, बाहुल्य, प्राचुर्य, 4 (of food) पौष्टिकता, 5 (of colour) चमक, चमचमाहट

rick¹ रिक *n* & *vt* (अनाज, सूखी घास आदि का) ढेर, अंबार, अटाला, गंजी, स्तूप, *vt* ढेर लगाना

rick² रिक *n* & *vt* = wrick

rickets रिकिट्स *n* (as *sing.* or *pl*) (विटामिन D की कमी से होने वाला) बच्चों का रोग जिसमें हड्डियां नरम पड़ जाती हैं और टांगें टेढ़ी हो जाती है, सूखा रोग, सुखंडी

rickety रिकिटि *a* 1 सूखारोगग्रस्त, 2 सूखारोग-जैसा, 3 (of person etc) निर्बल, दुबला-पतला, डांवांडोल, डगमग, 4 (of furniture etc) जो टूटने को हो, टूटा-फूटा, जर्जर

ricksha(w) रिक्शॉ *n* (abbr. of jinricksha)

ricochet¹ रिकशे, रिकशॅट *vi* (ricocheted *or* ricochetted रिक-शेड *or* रिक-शॅटिड) 1 (गोली या गोले का पानी या धरती पर) उछलना, टप्पा खाना, 2 टप्पा खाते हुए निशाने पर लगना [The bullet ~ed]

ricochet² *n* (see prec) उछाल, टप्पा

rictus रिक्टस *n* पूरे खुले हुए मुंह या चोंच का विस्तार या फैलाव, वक्त्रायाम, मुखायाम

rid रिड *vt* (*pt* ridded *or* rid, *pp* rid) 1 से मुक्त करना, हटाना, दूर करना [to rid a place of sth], 2 पीछा छुड़ाना, पिंड छुड़ाना, छुटकारा पाना [to rid oneself of sth; (in *pp*) **to be** *or* **get rid of** s.o.]; 3 छुटकारा दिलाना [to rid s.o. of sth]

riddance रिडन्स *n* 1 छुटकारा, मुक्ति, निस्तार, 2 जिससे छुटकारा पाकर खुशी हो, **He is a good ~!** वह दूर ही अच्छा!

riddle¹ रिड्ल *n* & *vi* & *t* 1 पहेली, बुझारत, बुझौवल, 2 आसानी से समझ में न आने वाली बात, दुर्बोध या रहस्यमय बात, समस्या [He speaks in ~s]; *vi* 1 पहेलियों में बात करना, पहेली बुझाना, 2 *vt* पहेली हल करना या बूझना, R~ me this (*arch*) मेरी यह पहेली बूझो

riddle² *n* & *vt* छलनी, *vt* 1 छानना, 2 अनेक छेद कर देना, छलनी कर देना [to ~ s.o. **with** bullets], 3 *fig* प्रश्नों की भरमार करना, 4 तथ्य प्रस्तुत करके तर्क या सिद्धान्त का खंडन करना [to ~ a theory, an argument etc], 5 in *pp* (दोषों से) परिपूर्ण [an administration ~ed with graft]

ride¹ राइड *vi* & *t* 1 पर चढ़ना, की सवारी करना [to ~ (on) a bicycle, horse, etc; to ~ **on** s.o.'s back, shoulder, etc], 2 (of ship) **to ride at anchor** लंगर डाले खड़ा रहना;

to ~ out the storm (जहाज़ का) तूफ़ान से बच निकलना, (व्यक्ति का) संकट, विरोध, झगड़े आदि से बच निकलना, **to ~ for a fall** वाहन को बेतहाशा **दौड़ाना (जिससे गिरने का ख़तरा हो);** *fig* **अदूरदर्शिता** का काम करना (जिससे असफलता का ख़तरा हो), 3 *vt* (घोड़े पर चढ़कर) पार करना, तै करना [to ~ a long distance]; **to ~ s.o. down** घोड़े पर चढ़कर पीछा करना और जा पकड़ना; to ~ a race घुड़दौड़ में भाग लेना, 4 तंग करना, सताना [a nightmare ~s a sleeping person], 5 अभिभूत करना [ridden by fears, prejudices, etc; a priest-ridden society]

ride^{2} *n* **1** (घोड़े, साइकिल, मोटर आदि की) सवारी, यात्रा, सैर [**to go for a ~**], **2 to take s.o. for a ~** (*sl*) (i) मोटर गाड़ी में बिठा कर ले जाना और मार डालना, (ii) धोखा देना, बहकाना, ठगना, ज़लील करना, **3** घुड़सवारी के लिए बना रास्ता या पगडडी

rider राइडर *n* **1** सवार, घुड़सवार, अश्वारोही, **2** दस्तावेज (वि॰ विधेयक) में प्रतिबंध लगाने के लिए जोड़ी गई धारा, परिशिष्ट, प्रतिबंध, शर्त, **3** *log* (व्यापक सिद्धान्त से निकलने वाला) निष्कर्ष, परिणाम, **4** (अदालती फ़ैसले के साथ जोड़ी गई) सिफ़ारिश या राय, **5** *math* उपप्रमेय

ridge रिज *n* **1** दो ढालू सतहों के मिलने की रेखा, ~ of a roof मगरा, ~ of the nose घोड़ी, बांसा, **2** पहाड़ की लंबी सँकरी चोटी, कटक, लबी सँकरी पहाड़ी, पर्वतमाला, **3** (खेत में हल चलाने से बनी नालियों के बीच की) उभरी हुई लकीर, डाँड़, मेड़, **4** (किसी सतह पर) उभरी हुई लकीर; **5** *comb:* **~-piece** ढालू छत की चोटी का शहतीर; बँडेर, बँडेरी; ~-pole लंबे तंबू का आड़ा डंडा; **ridgeway** पहाड़ की चोटी के साथ-साथ बनी सड़क

ridicule रिडिक्यूल *n* & *vt* उपहास, हँसी, मज़ाक, मख़ौल; **to hold s.o. up to ~** किसी का मज़ाक या मख़ौल उड़ाना; **to lay oneself open to ~** उपहास-पात्र बनना, *vt* उपहास करना, ठट्ठा करना, हँसी उड़ाना, तुच्छ समझना या बताना

ridiculous रि-डिक्युलस *a* **1** हास्यास्पद, हास्यजनक [the ~ side of the situation], **2** बेहूदा, बेतुका

riding राइडिङ्ग *vt* **1** घुड़सवारी, अश्वारोहण, **2** (जंगल में) घुड़सवारी की सड़क या पगडंडी

rife राइफ़ *pred a* **1** बहुत पाया जाने वाला, फैला हुआ, व्यापक, बड़ी मात्रा या संख्या में विद्यमान [the disease, the rumour, is ~], **2** चालू, प्रचलित; **3** भरा हुआ, पूर्ण [a language ~ **with** Sanskritized words]

riffle रिफ़ल *n* (gold mining) & *vt* जल-नाली की तह में जोड़ी हुई पट्टियां जिनके अन्तरालों में स्वर्णकण एकत्र हो जाते है; *vt* जल्दी-जल्दी पन्ने उलटना या ताश फेंटना [to ~ pages, playing cards]

riff-raff रिफ़्-रैफ़ *n* निम्नवर्ग (के लोग), कुली-कबाड़ी

rifle^{1} राइफ़ल *vt* **1** (जगह को छान कर) लूटना [to ~ a place], (माल) लूट ले जाना, **2** ख़ूब तलाशी लेकर ख़ाली कराना [to ~ a room, s.o 's pockets]

rifle^{2} *vt* & *i* **1** (बन्दूक की नाली में) पेचदार झिरी बनाना (जिससे कि गोली चक्कर खाती हुई निकले), **2** *vt* & *i* (किसी को) राइफ़ल से मारना; राइफल चलाना

rifle^{3} *n* पेचदार नाली वाली बन्दूक, राइफ़ल, **~man** *n* राइफ़लधारी; बन्दूकची; **~-range** (i) राइफ़ल की मार, (ii) राइफ़ल-अभ्यास का स्थान, चाँदमारी

rift रिफ़्ट *n* **1** (धरती, दीवार, चट्टान में) दरार, दरज, फटन, फटाव, कटाव, रंध्र, छिद्र, **2** (किसी चीज में) चटक, तड़क, चीर, **3** *fig* अनबन, फूट; **4 ~-valley** धरती के धँस जाने से बनी घाटी, धँसी हुई घाटी (जिसके किनारे ऊँचे होते हैं), **~ed** *a* दरार वाला, फटा हुआ, चटका हुआ

rig^{1} रिग *vt* & *n* **1** (जहाज़ को) साज़-सामान (पाल, बल्लियों, रस्सों आदि) से सज्जित करना, सज्जित करके यात्रा के लिए तैयार करना; (विमान के) हिस्सों-पुर्ज़ों को जोड़ना और ठीक-ठाक करना, **2** (व्यक्ति को) वेश-भूषा से सुसज्जित करना, वस्त्र पहनाना, साज़-सामान से लैस करना [**to ~ s.o. out**]; *n* **1** जहाज़ के मस्तूल, पाल आदि (लगाने का ढंग), सज्जा; *fig* (व्यक्ति की) वेश-भूषा, सज-धज, फबन, (वेश-भूषा से बना) रूप, शक्ल, हुलिया; **in full ~** (*colloq*) चुस्त वर्दी में; पूरी वेश-भूषा किये हुए; **2** पेट्रोलियम-कूआँ खोदने का सामान, रिग

rig^{2} *n* & *vt* (-gg-) **1** चालाकी, धोखा, छल-कपट, **2** *commerc* भाव तेज करने की चाल, *vt* (किसी काम में) चालाकी बरतना, बेईमानी करना, हेराफेरी करना [to ~ the election]; **3 to ~ the market** (सारा माल ख़रीद या बेच कर) भावों में तेज़ी या मंदी लाना, (कृत्रिम रूप से) भाव बढ़ाना या गिराना

rigger रिगर *n* **1** मस्तूल को खड़ा करने और गिराने या लिटाने वाला नाविक, **2 = thimble-rigger**

rigging रिगिङ्ग *n* **1** (f. rig^{1}) (जहाज का) साज़-सामान (मस्तूल, पाल, बल्लियां, रस्से आदि), **2** (f. rig^{2}) हेराफेरी

right^{1} राइट *a* **1** (of conduct) ठीक, उचित, मुनासिब, न्याय्य [it is only ~ to tell you ...], **2** ठीक, शुद्ध, सही, यथार्थ [~ use of words]; **to set** *or* **put ~** व्यवस्थित करना, ठीक करना, भूल सुधारना, ग़लती दूर करना; to put s.o. ~ किसी

की ग़लतफ़हमी दूर करना; **R~ you are!**, **R~ oh!** (*colloq*) मुझे (आप का सुझाव, आदेश) स्वीकार है! ठीक है! बहुत अच्छा! **3 the ~ side** of a fabric कपड़े की सीधी ओर, **to be** *or* **get on the ~ side of s.o.** किसी का कृपापात्र होना या बन जाना, to be **on the ~ side of** forty चालीस वर्ष से कम का होना (cf. wrong side), **4** ठीक, उपयुक्त [the ~ man in the ~ place]; **5** ठीक, स्वस्थ [to get ~]; to be **in one's ~** mind दिमाग़ सही होना, पागल न होना, **6** दायाँ, दाहिना, right bank नदी के बहाव की दिशा में देखने वाले व्यक्ति की दाहिनी ओर का किनारा, दाहिना तट; **~ arm** (*fig*) परम विश्वस्त सहायक; **~ hand**; **~-hand man** (*fig*) मुख्य सहायक, परम विश्वस्त साथी; **7** (*geom*) **~ angle** समकोण, **Right turn!** (*mil*) दाहिने मुड़ो!, **~-about** (**=right about turn**) *n* (i) बिल्फुल उल्टा रुख़, विपरीत दिशा, पलटा, (ii) एक दम पीछे हट जाना; (iii) नीति उलट देना, नीति का पलटा, **8** *comb*: **~-angled** *a* समकोण, समकोणीय, **~-handed** अधिकतर दाहिने हाथ से काम करने वाला, दक्षिणहस्त, (of motion) दक्षिणावर्त; **~-minded**, **~-thinking** ठीक ढंग से विचार करने वाला, सुबुद्धि, पक्षपातरहित

right^2 *adv* **1** ठीक, बिल्कुल, ऐन [**~ here; ~ now**; ~ in the middle], **2** पूरी तरह [a verandah ~ round the house], **3** ठीक (तरह) से, उचित ढंग से [to act ~ or wrong; he does not hold the pen ~], **4** यथायोग्य, जैसे चाहिए [that serves him ~], **5** ठीक [If I remember ~], **6** दायें, दायीं ओर (को) [He looks neither ~ nor left], **7 right and left** दोनों ओर (को, से); सब ओर से, चारों तरफ़ से [He was abused ~ and left], **8 ~ away, ~ off** अभी, तुरन्त, फ़ौरन्

right^3 *vt & i* **1** ठीक करना, दुरुस्त करना [to ~ a mistake], **2** ठीक स्थिति में लाना, सीधा करना [to ~ a boat, car, etc]; (of ship) सीधा खड़ा होना, **3** क्षतिपूर्ति करना, प्रतिकार करना, बदला लेना [to ~ a wrong, an injustice]

right^4 *n* **1** ठीक बात, सच, उचित बर्ताव, न्याय्य व्यवहार, न्याय, **2 the right** न्याय्य पक्ष [God defend the ~!]; **to be in the ~** ठीक (बात) कहना, सच्चा होना, सचाई पर होना, **3** अधिकार, हक़ [**to have a, the, no, ~ to (do) sth, of of doing sth; it belongs to him by ~, as of ~**]; **in one's own ~** अपने व्यक्तिगत अधिकार से (न कि पति या अन्य व्यक्ति की कृपा से); **right of way** दूसरे के इलाके से गुज़रने का (परंपरागत) अधिकार, मार्गाधिकार; **within one's ~s** अपने अधिकार की सीमा में, **4** दायाँ पहलू, दायीं ओर [**Keep to the ~**], **5** (*polit*) **R~** (संसद् के) प्रतिक्रियावादी या रूढ़िवादी सदस्य, दक्षिण पक्ष **6** (in *pl*) rights वास्तविक स्थिति, वस्तुस्थिति, असली बात, I do not know the ~s of the case मैं नहीं जानता कि कौन सच्चा है और कौन झूठा है! नहीं **जानता** कि सचाई क्या है!

righteous राइचस *a* **1** न्यायनिष्ठ, पक्षपातरहित, **ईमानदार**, सच्चा, खरा, **2** धर्मपरायण, धर्मात्मा, पुण्यात्मा, सदाचारी, साधु, **3** (of act) धार्मिक, न्याय्य, न्यायोचित, ईमानदारी का, निष्पक्ष, ठीक; **~ness** *n* **1** न्यायनिष्ठा, ईमानदारी, **2** धर्मपरायणता, **3** न्याय्यता

rightful राइट्फ़ल *a* **1** (of action etc) न्याय्य, न्यायोचित, न्यायसंगत उचित, ठीक, **2** (of person) वैध, वास्तविक, असली [~ heir, owner], **3** जिस पर किसी का **अधिकार** या हक हो, स्वकीय [my ~ office, property]

rightly राइट्लि *adv* उचित रूप से, ठीक ढंग से, सही तरीके से, ठीक-ठीक, ठीक ही

righto राइटो *int* (*colloq*) (सुझाव या आदेश के उत्तर में) हां, बहुत अच्छा!

rigid रिजिड *a* **1** न दबने या मुड़ने वाला, अनम्य [a ~ bar], **2** (of person, conduct, etc) कड़ा, कठोर, सख़्त, कट्टर, पक्का; **3** सही, यथार्थ, बिल्कुल **ठीक** [lenses ground to ~ specifications], **4 अपरिवर्तनीय**, दुःसंशोधनीय [~ constitution]; **rigidity रि-जिडिटि** *n* **1** अनम्यता, **2** कड़ाई, **सख़्ती, कट्टरपन**, **3** अपरिवर्तनीयता; **~ly** *adv* कड़ाई से, सख़्ती से

rigmarole रिग्मरोल *n & a* पूर्वापरक्रमरहित कथन, बे-सिर-पैर की बात, अनर्गल प्रलाप, अनापशनाप, अंड-बंड, *a* असंबद्ध अनर्गल, अंड-बंड

rigor राइगॉर, रिगर *n* **1** ज्वर आने से पहले की ठंड और कंपकँपी, जूड़ी, **2 ~ mortis** मृत्यु के बाद शव का अकड़ाव, शव-काठिन्य

rigorism रिगरिज़्म *n* (f. rigour) **1** (सिद्धान्त आदि का) कड़ाई से पालन, कठोरता, **2** अतिसंयम

rigorous रिगरस *a* **1** कठोर, कड़ा, सख़्त, **~ climate** कठोर जलवायु, **~ imprisonment** कड़ी क़ैद, कठोर कारावास, **2** बिल्कुल सही, यथार्थ, यथातथ्य, यथातथ [~ treatment of a subject]

rigour रिगर *n* **1** कठोरता, कड़ाई, सख़्ती [with the utmost ~ of the law], **2** उग्रता, प्रचंडता [~ of weather], भयङ्करता [~ of famine], **3** कठोर तपस्या, संयम, नियम-निष्ठा, **4** तनिक इधर-उधर न हो सकना, कड़ाई [~ of a doctrine], **5** बिल्कुल सही होना, यथार्थता, याथातथ्य [~ of a proof]

rill रिल *n* छोटी नदी

rim रिम *n* **1** पहिये का बाहरी चक्कर या घेरा, नेमि, **2** पहिये पर चढ़ाया जाने वाला लोहे का चक्कर, हाल, **3** (छलनी का) घेरा, **4** किसी वस्तु का घेरा, (बर्तन का उभरा हुआ) किनारा, **5** (ऐनक का) फ़्रेम, **6 rim of the sun** ग्रहण के समय सूर्य के इर्द-गिर्द

प्रकाश का घेरा, परिचक्र

rime^1 राइम *n* & *vt* = rhyme^{1,2}

rime^2 *n* पाला, कुहरा, तुषार, तुहिन

rimose राइमोस, **rimous** राइमस ***a*** (*bot*) जिसमें बहुत छिद्र या दरारें हों, छिद्रमय, छिद्रबहुल, दरार वाला

rind राइन्ड *n* & *vt* **1** (पेड़ की) छाल, बक्कल, (फल, सब्ज़ी का) छिलका, **2** (पनीर आदि की) पपड़ी, 3 *fig* बाह्य रूप या पहलू, बाहरी या ऊपरी भाग, सतह, *vt* छाल या छिलका उतारना, छीलना

rinderpest रिन्डर्पेस्ट *n* गाय-बैल आदि जुगाली करने वाले पशुओं की बीमारी; पशुमहामारी, पशु-प्लेग

ring^1 रिङ्ग *n* **1** अंगूठी, छल्ला, मुंदरी, मुद्रिका, **nose-**~ नथ, **2** चक्कर, चक्र, घेरा, वृत्त, (पानी में) आवर्त, भंवर, **3** (सरकस आदि का गोल) अखाड़ा, **4** (आंख के नीचे पड़ने वाली) गहरी गोल लकीर [~s round the eyes], **5** *commerc* etc (राजनीतिज्ञों, व्यापारियों, जासूसों का) दल, मंडली, टोली, गुट्ट, **6** *comb:* **ring-finger** अनामिका, **ringleader** (विद्रोहियों, उपद्रवियों का) सरदार, मुखिया, **ringworm** दाद, दद्रु

ring^2 *vi* & *t* **1** (of hawk) मंडराना, चक्कर काटना, **2** *vt* (बैल आदि को) नाथना; **to** ~ **round, about, in** घेर लेना, इर्द-गिर्द खड़ा या जमा होना

ring^3 *vi* & *t* (rang, rung) **1** (घंटी का) बजना, (of coin etc) ठनकना, ठनठनाना, खनकना; **to ring true, false** (सिक्के का अपनी खनक से) खरा या खोटा जान पड़ना, *fig* सच्चा या झूठा लगना [His answer did not ~ true]; (of place) गूंजना, प्रतिध्वनित होना [The hall rang **with** their shouts]; my ears are ringing मेरे कान गूंज रहे हैं, (of utterances or other sound) to ~ in one's ears कानों में गूंजना, **2** *vt* घंटी बजाना; to ~ the alarm ख़तरे की घंटी बजाना, **to** ~ **the knell of ...** के अन्त या उन्मूलन की घोषणा करना; **3 to** ~ **the curtain down** *or* **up** पर्दा गिराने (अथवा उठाने) की घंटी बजाना, पर्दा गिराना (अथवा पर्दा उठाना), *fig* अन्त अथवा आरंभ करना, **4 to** ~ **s.o. up** किसी को टेलिफ़ोन करना, **to** ~ **back** (जिससे पहले बातचीत हुई हो उसे) फिर टेलिफ़ोन करना

ring^4 *n* **1** घंटी (की आवाज़), टनटन, टनटनाहट, **2** (सिक्के आदि की) खनक, झंकार, **3** टेलिफ़ोन की घंटी, I'll give you a ~ मैं तुम्हें टेलिफ़ोन करूंगा

ringent रिजन्ट *a* मुंहखुला, (*bot*) विवृत

ringlet रिङ्ग्लिट *n* **1** (*arch*) छोटी अंगूठी, छोटा चक्कर, **2** घुंघराला बाल, घूंघर

rink रिङ्क *n* (स्केटिंग आदि के लिए) बर्फ़ का मैदान अथवा फ़र्श, स्केटिंग-हाल

rinse रिन्स *vt* & *n* **1** (बर्तन) खंगालना, **2** (साबुन निकालने के लिए वस्त्र को) साफ़ पानी से धोना, **3** कुल्ले से (मुंह) साफ़ करना, कुल्ला करना, *n* to give a **bottle** a ~ बोतल को खंगालना

riot राइअट *n* & *vi* **1** दंगा, फ़साद, बलवा, उपद्रव, शांतिभंग, **2** ऊधम, उत्पात, हो-हल्ला, **3** संयम का अभाव, उच्छृंखलता, निरंकुशता; **4** आधिक्य, ~ of colour रंगों की भरमार, ~ of emotion भावुकता का उद्रेक, भावावेश, **5 to run riot** (of person, his tongue) संयम या बंधन तोड़ देना, (of fancy) स्वैरविहार करना, (of plants) बहुत फैल जाना; *vi* **1** दंगा करना, शान्तिभंग करना; **2** धमाचौकड़ी मचाना, ऊधम मचाना

rioter राइअटर *n* दंगई, उपद्रवी

riotous राइअटस *a* **1** दंगई, बलवाई, **2** हो-हल्ला करने वाला, ऊधमी [a few ~ students], **3** उच्छृंखल, असंयत, उच्छृंखलतापूर्ण; **4** अतिमात्र

rip^1 *n* **1** निकम्मा घोड़ा, **2** लम्पट या व्यसनी या विलासी व्यक्ति

rip^2 *vt* & *i* (-pp-) **1** फाड़ना, उधेड़ना [to ~ the seams of a shirt etc], फाड़ या उधेड़ कर अलग करना [to ~ out the lining of a coat], **2** (लंबा चीर डाल कर) फाड़ना [to ~ **up** s.o.'s belly], **3** (लकड़ी) चीरना, (पत्थर) फोड़ना, (छत की) स्लेटें, पट्टियां आदि उखाड़ना, (छत) उघाड़ना, **4 to rip** (a packet, wound, etc) **open** चीर कर खोल देना, **5** *vi* फटना, चिरना, खुलना, **6 Let him rip!** उसे अपनी मरज़ी करने दो, उसे मत रोको; (*of car*) Let her rip! गति धीमी न करो! तीव्रतम गति से चलने दो!

rip^3 *n* चीर, चीरा, दरार, छेद

rip^4 *n* (समुद्र या नदी का) विक्षुब्ध स्थल (जहां बहुत लहरें उठ रही हों)

riparian रिपेंअ-, राइपेंअ-रिअन *a* **1** नदी तट का, तटीय, तट-संबंधी; ~ rights तटीय अधिकार, *e.g.* नदी में मछली पकड़ने का अधिकार, **2** तट पर स्थित, तटवर्ती, तीरवर्ती [a ~ state]

ripe राइप *a* **1** [of fruit, crop, etc] पका हुआ, पक्का, पक्व, परिपक्व, तैयार, **2** पूर्णविकसित, प्रौढ़, परिपक्व [~ scholarship], ~ scholar पारंगत विद्वान्, ~ age वृद्धावस्था, **3** उद्यत, तैयार, उतारू [a person ~ **for** mischief]; तैयार [plan ~ **for** execution]; ~**ness 1** पक्वता, परिपक्वता, **2** प्रौढ़ता

ripen राइपन *vt* & *i* पकाना या पकना, विकसित करना या होना, तैयार करना या होना

riposte रि-पोस्ट *n* & *vi* **1** (**fencing**) तुरन्त किया गया जवाबी वार या चोट, प्रतिघात, **2** *fig* करारा जवाब, तीखा उत्तर, *vi* जवाबी वार करना, करारा या मुंहतोड़ जवाब देना

ripper रिपर *n* (f. rip^2) **1** पेट चाक करने वाला; **2** छप्पर उघाड़ने का औज़ार, **3** एक प्रकार

का आरा, 4 सिलाई उधेड़ने का औज़ार

ripple^1 रिपल *n* (सन के बीज साफ़ करने का) कंघा

ripple^2 *n* & *vi* **1** छोटी लहर, लहरी, हिलोर, तरंग, **2** (बालों का) लहरियापन, **3** (नदी की) कल-कल ध्वनि; कभी धीमा और कभी ऊँचा होने वाला स्वर [a ~ of applause, conversation, etc]; *vt* & *i* **1** (of lake, corn) लहराना, (of wind) लहरें पैदा करना, लहराना [The wind ~ed the corn-field], **2** (of brook) कल-कल ध्वनि करना

Rip van Winkle रिप् वैन् विङ्कल *n* दकियानूसी आदमी, व्यक्ति जिसे वर्तमान युग का कुछ पता न हो [Name of a man who slept for 20 years]

rise^1 राइज़ *vi* **1** उठना, उठ खड़ा होना [to ~ **to one's feet**], **2** (बिस्तर से) उठना, जागना, **3** (of the sun, moon) उदय होना, निकलना, **4** (of meeting etc) समाप्त होना, बरख़ास्त होना, स्थगित होना [Parliament will ~ next week], **5** पुनर्जीवित होना, जी उठना [to ~ **from the** dead], **6** विद्रोह करना [to ~ **in revolt**; to ~ **against** the oppressor], **to rise in arms** हथियार उठाना, विद्रोह करना; **7** ऊंचा होना, चढ़ना [The barometer is rising], **8** बढ़ना, चढ़ना, [Prices ~]; कीमत बढ़ना [Sugar is rising]; **9** उद्भव होना, निकलना [a river ~s **from** a lake etc], **10** a picture ~s in my mind मेरे मन में एक चित्र उभरता है, **11 to ~ above** vanity, selfishness, jealousy, etc अहंकार, स्वार्थ, द्वेष आदि के वश में न होना, से प्रभावित न होना, से ऊपर या ऊंचा उठना, को त्यागना; **12** उन्नति करना [He is likely to ~ in his profession]; **to ~ in the world** समाज में ऊंचा दर्जा या प्रतिष्ठित पद पाना, to ~ from the ranks (see rank^1, 3); **13 to ~ to the occasion, challenge, emergency**, etc स्थिति से निपटने के लिए असाधारण प्रयत्न करके सफल हो जाना, स्थिति की मांग पर पूरा उतरना, स्थिति से निपट पाना

rise^2 *n* **1** उदय [~ of day], **2** क्रमश: ऊँची होती हुई जगह, चढ़ाई, चढ़ाव, टीला [a ~ in the ground], **3** उन्नति, तरक्की, (समाज में) प्रतिष्ठा-प्राप्ति; राजनीतिक शक्ति या प्रभाव की वृद्धि, उत्कर्ष, अभ्युदय [the ~ of Chandragupta], **4** (कीमतों की) बढ़ती, तेज़ी, चढ़ाव; वेतनवृद्धि, **5** (पारे का) चढ़ाव, (तापमान का) बढ़ना, वृद्धि, **6** मूल, स्रोत, उद्गम [the river takes its rise in . . .]; **7 to give rise to** (trouble, discontent, etc) का कारण होना, पैदा करना; **8 to get** *or* **take a ~ out of s.o.** किसी को (चिढ़ा कर) क्रोध या अन्य स्वाभाविक दुर्बलता व्यक्त करने पर मजबूर करना

risible रिज़िबल *a* **1** जिसे जल्दी हँसी आ जाए, हास्यप्रवण, **2** हँसने का, हँसी से संबंधित, हास्य- [~ nerves]

rising राइजिङ्ग *a* & *n* **1** उदीयमान, चढ़ता हुआ, **2 ~ market** चढ़ता या तेज़ होता हुआ बाज़ार; मंडी जिसमें भाव बढ़ रहे हों; **the ~ generation** नवयुवक, नई पीढ़ी (के लोग); *n* **1 the ~ of the court** अदालत का उठना, स्थगित होना, **2** विद्रोह, बलवा, **3** चढ़ाई, ऊंची जगह, **4** फोड़ा, फुंसी

risk रिस्क *n* & *vt* **1** ख़तरा, भय, डर, आशंका, संभावना [There is the ~ of his catching cold]; **2** जोखिम, **3 to run ~s, a ~, the ~, (of)** (का) ख़तरा मोल लेना, **to take ~s** जोखिम उठाना, **4** ज़िम्मेदारी, दायित्व [at owner's ~], *vt* **1** ख़तरा मोल लेना, संकट या ख़तरे में डालना [to ~ one's life]; **2** की संभावना का सामना करना [to ~ defeat]; **3** का साहस करना [to ~ a battle], **4** दांव पर रखना या लगाना [to ~ one's honour]

risky रिस्कि *a* **1** ख़तरे वाला, ख़तरनाक, संकटमय, जोखिम का, जोखिमी, **2** (of story, play) अश्लील, आपत्तिजनक

rissole रिसोल *n* कोफ़्ता

rite राइट *n* **1** संस्कार, अनुष्ठान, धार्मिककृत्य; **funeral ~s** दाह संस्कार, दफ़नाने की रस्म, अन्त्येष्टि, **2** (संस्कार या अनुष्ठान की) विधि, रीति, **3** रसम, रस्म

ritual रिचुअल *a* & *n* संस्कार का, अनुष्ठान का, सांस्कारिक, अनुष्ठान-संबंधी, विधि के अनुसार (किया हुआ), **~ marriage** सांस्कारिक विवाह, *n* **1** संस्कार की विधि, विधि-विधान, **2** संस्कार ग्रन्थ, **Vedic ~** कर्मकाण्ड, **3** अनुष्ठान, रसम; **~ism** *n* संस्कारप्रियता, कर्मकाण्ड में अति श्रद्धा, अनुष्ठानपरायणता; **~ist** *n* कर्मकाण्डी, अनुष्ठानपरायण

rival^1 राइवल *n* & *attrib a* **1** (पुरस्कार, वि० किसी का प्रेम, पाने में) प्रतियोगी, प्रतिद्वन्द्वी, प्रतिस्पर्धी; **2** बराबरी करने वाला, बराबर या जोड़ का; **without a ~** अद्वितीय, बेजोड़, *a* मुकाबला करने वाला, विरोधी, प्रतिद्वन्द्वी [the ~ candidate]

rival^2 *vt* (-ll-) बराबर या समान या तुल्य होना, बराबरी करना, मुकाबला करना

rivalry राइवल्रि *n* स्पर्धा, प्रतिस्पर्धा, प्रतिद्वन्द्विता, मुकाबला [to enter into ~ **with s.o.**]

rive राइव *vt* & *i* (~d, ~n), **1** (लकड़ी) चीरना, फाड़ना [trees riven by the lightning]; चीर कर (फट्टियां) बनाना, **2** *vi* (चोट लगने से) फटना, फट सकना; चिर जाना

river रिवर *n* **1** नदी, दरिया, सरिता; (*also fig*) **~s of blood** ख़ून की नदियां, भारी हत्याकांड, **down, up, the ~** नदी के बहाव, चढ़ाव, की ओर, **2** *comb*: **~-bed** नदीतल; **~-horse** (=hippopotamus) दरियाई घोड़ा, **~side** नदी-

तट (के पास की भूमि); a ~side bungalow नदी-किनारे का बंगला

riverain रिवरेन *a* & *n* नदी का, नदीतट का, तटवर्ती, नदी के आस-पास का, *n* तट पर रहने वाला व्यक्ति, तटवासी

riverine रिवराइन *a* नदी का, नदी पर का, नदी-तट का, तटीय, तटवर्ती

rivet रिविट *n* & *vt* (धातु आदि की दो पट्टियों को जकड़ने का) कील या कावला, रिवेट, रिपट, *vt* **1 (रिपट से) जोड़ना,** जकड़ना, कस के पकड़ना; **2** to ~ the eyes (**upon** sth) टकटकी लगा कर देखना; to ~ the attention (upon sth) पर ध्यान केन्द्रित करना; to ~ s.o.'s attention किसी का ध्यान आकर्षित करना या किये रहना

rivulet रिव्युलिट *n* छोटी नदी, सोता, नाला

roach रोच *n* (*pl* same) छोटी मछली की एक किस्म

road *n* **1** सड़क, मार्ग, पथ; **by road** मोटर या बस आदि से; **one for the** ~ (*colloq*) चलने से पहले एक और जाम या दौर; **high, main,** ~ बड़ी सड़क, राजमार्ग, राजपथ; **to take the** ~ यात्रा आरंभ करना, चल पड़ना, प्रस्थान करना; **rule of the** ~ सड़क का नियम, अर्थात् गाड़ी चलाने में सड़क की नियत (in India बाईं) ओर रहना; **2** *fig* मार्ग, रास्ता, तरीका, उपाय, साधन [the ~ to success, ruin, etc]; **royal** ~ (to success etc) आसान रास्ता या तरीका, सुगम मार्ग, सरल उपाय, **3** (also ~stead) लंगर डालने की जगह, लंगरस्थान, **पोताश्रय, 4** *comb*: **~-block** (यातायात रोकने के लिए) सड़क पर खड़ी की हुई रुकावट, मार्गविरोध; ~ **book** देश की सड़कों का नक्शे-सहित विवरण देने वाली पुस्तक, सड़क-विवरणिका; **~-hog** बेतहाशा गाड़ी चलाने तथा दूसरों का रास्ता रोकने वाला चालक; **~-metal** रोड़ी, गिट्टी; **road-roller** सड़क कूटने का इंजन, ~ **sense** गाड़ी चलाने में यातायात-नियम पालन करने की समझ (जिससे कि दुर्घटनाएं न हों); **~side** सड़क का किनारा (esp. ***attrib*****.** as ~side plants, inn, etc); ~ **sign** सड़क (दिशा-)संकेत (जिससे पता चलता है कि कौन सी सड़क किधर जाती है) **roadway** (i) पुल पर की सड़क, (ii) पटरी को छोड़ कर शेष सड़क, सड़क का मध्य भाग; **roadways** बसें, **मोटर-गाड़ियां, मोटर-परिवहन** व्यवस्था, बस-विभाग, (of vehicle) **roadworthy** सड़क पर चलने लायक (गाड़ी); यात्रा करने लायक (व्यक्ति)

roadster रोड्स्टर *n* **1** केवल दो सीटों वाली खुली मोटर-गाड़ी, रोड्स्टर; **2** (सड़क पर चलने वाला) घोड़ा या साइकिल आदि

roam रोम *vi* & *t* **1** बिना नियत मार्ग के घूमना-फिरना, मटरगश्त करना, भ्रमण करना, रमते फिरना [to ~ **about the world**], **2** *vt* to ~ the streets गलियों में घूमना-फिरना

roan^{1} रोन *a* & *n* (of animal) जिसके मुख्य रंग में दूसरे (वि० सफ़ेद) रंग के बड़े-बड़े धब्बे हों, चितकबरा, शबल; *n* चितकबरा घोड़ा, चितकबरी गाय आदि

roan^{2} *n* (जिल्द बांधने के लिए) भेड़ का नरम चमड़ा

roar रॉर *vi* & *t* & *n* **1** (of lion etc) गरजना, दहाड़ना; (of bull) डकराना, डकरना; **2** (of person) गरजना, गरज कर बोलना, शोर करना; to ~ with pain चिल्लाना, कराहना; to ~ with laughter अट्टहास करना, ठहाका मारना, **3** (of place) गूंजना, **4** *vt* ऊंचे स्वर में बोलना या गाना आदि [to ~ **out an order, a chorus,** etc], *n* गरज, गर्जन [the ~ of guns, the sea], (of lion) **दहाड़;** ~s of laughter अट्टहास, ठहाका, **to set the table** *or* **room in a** ~ (मेज़ पर या कमरे में बैठे) सब लोगों को हँसा देना

roaring रॉरिङ्ग *a* **1** (of place) कोलाहलपूर्ण, **2 to do a roaring business** *or* **trade** खूब बिक्री होना, खूब पैसा कमाना

roast^{1} रोस्ट *vt* & *i* & *n* **1** (मांस, काफ़ी के बीज) भूनना, सेंकना, **2** (धातु को) भट्ठी में तपाना, भर्जित करना, **3** (किसी का) मजाक उड़ाना, **4** *vi* भुनना, झुलसना [He is ~ing in the sun]; *n* भुना हुआ मांस; **to rule the** ~ *or* **roost** कर्त्ता-धर्त्ता होना, मुखिया होना

roast^{2} *a* भुना हुआ [~ meat etc]

roaster रोस्टर *n* **1** कच्ची धातु तपाने की भट्ठी, भर्जन-भट्ठी, **2** काफ़ी के बीज भूनने का उपकरण, भर्जित्र

rob रॉब *vt* (-bb-) **1** (व्यक्ति, नगर को) लूटना; **2** छीनना, वंचित करना [to ~ s.o. of sth]; **3** *abs* डाका डालना; **robber** रॉबर *n* डाकू, डकैत, लुटेरा, दस्यु; **robbery** रॉबरि *n* डाका, डकैती, लूट, लूटपाट, लूटमार

robe रोब *n* & *vt* & *i* (often in *pl.*) पद, पेशे आदि का सूचक लंबा और ढीला ऊपरी वस्त्र, चोग़ा, गाउन, परिधान, पोशाक [~s of office]; *vt* & *i* पोशाक पहनाना या पहनना

robin रॉबिन *n* **1** ~ **(redbreast)** लाल गर्दन वाली चिड़िया; **2 Robin Hood** (बारहवीं शताब्दी में इंग्लैन्ड का जंगल-वासी डाकू (जो अमीरों से धन लूटकर ग़रीबों को देता था)

robot रोबॉट *n* **1** मानवाकार स्वचालित यन्त्र, यन्त्रमानव, **2** (S. Afr.) स्वचालित यातायात बत्ती [R~ (traffic-lights)], **3** *fig* (बिना सोचे-समझे) यन्त्रवत् काम करने वाला मनुष्य, यन्त्रमानव

robust रो-बस्ट *a* **1** (of person etc) हृष्टपुष्ट, हट्टा-कट्टा, तगड़ा, **2** (of exercise, discipline) कड़ा, मजबूत बनाने वाला, जान डालने वाला, अनुप्राणित करने वाला; (of equipment etc) मजबूत, पक्का; **~ness** हृष्टपुष्टता, तगड़ापन, मजबूती

robustious रो-बस्टिअस, र-बस्चस *a* **1** शोर मचाने वाला, हो-हल्ला करने वाला, ऊधमी, **2** अपनी बात मनवाने वाला

rock^1 रॉक *n* **1** पत्थर, पाषाण, शिला, **2** चट्टान, पहाड़ी, built on ∼ चट्टान पर खड़ा, *fig* दृढ़, मज़बूत; to run **upon** the ∼s (जहाज़ का) चट्टानों से टकरा जाना; **3** *fig* **to be on the** ∼**s** हाथ तंग होना, कठिनाइयों का सामना होना; **to see** ∼**s ahead** (*fig*) कठिनाइयां आती दिखाई देना, **4** *comb*: **rock-bed** (i) चट्टान के तले की भूमि; शैल-तल, (ii) पथरीली भूमि; ∼**-bottom** *n* निम्नतम स्तर [Prices have reached ∼-bottom]; *adj* ∼-bottom prices निम्नतम कीमतें; ∼-climbing चट्टानों या पहाड़ों पर चढ़ना, पर्वतारोहण; ∼**-crystal** (प्राय: षट्फलक आकृति का) स्फटिक, बिल्लौर; **rock-salt** खनिज नमक

rock^2 *vt* & *i* **1** झुलाना या झूलना, to ∼ a child बच्चे को पालने में झुलाना; to ∼ a cradle पालने को झुलाना, **2** हिलाना, डुलाना, डोलाना [the earthquake ∼s a house], हिलना, डोलना [the house ∼s]

rock^3 *n* **1** झूलना, दोलन; **2** तालबद्ध संगीत; **3** ∼ (**and** *or* **'n' roll**) एक लोकप्रिय नृत्य

rocker रॉकर *n* **1** उन वक्राकार डंडों में से एक जिन पर कुर्सी आदि झूलती है, दोलक, दोलित्र, **2** ऐसी कुर्सी, दोलनी कुर्सी

rocket^1 रॉकिट *n* **1** पौधों की किस्में जिनमें से कुछ सलाद के काम आती हैं और कुछ फूलों के लिए उगाई जाती हैं [sweet ∼, yellow ∼], **2** तारामीरा

rocket^2 *n* & *vt* & *i* **1** (उड़ कर सीधे ऊपर या दूरी पर जा पड़ने वाली) बेलनाकार आतिशबाज़ी-विशेष, राकेट; **2** अन्तरिक्षयान या विस्फोटास्त्र को चालित करने में प्रयुक्त बेलनाकार स्वचालित यन्त्र, प्रक्षेपक, प्रक्षेपास्त्र, राकेट; *vt* राकेटों से आक्रमण करना, राकेट बरसाना; *vi* तेज़ी से ऊपर जाना; (of prices) एकदम बहुत चढ़ जाना; ∼**eer** *n* **1** राकेट छोड़ने वाला; राकेट में यात्रा करने वाला; **2** प्रक्षेपविज्ञानी, राकेटविज्ञानी; **rocketry** *n* राकेट-विज्ञान

rocking रॉकिङ्ग *a* झूलने वाला, ∼-chair दोलनी कुर्सी, ∼**-horse** झूलने वाला (लकड़ी का) घोड़ा, दोलन-घोड़ा

rocky रॉकि *a* **1** पथरीला, **2** चट्टानी, पहाड़ी, **3** (पत्थर की तरह) कड़ा, कठोर, ठोस, पक्का, **4** *colloq* हिलता-डोलता [This table is rather ∼]

rococo र-कोको *a* & *n* **1** (of furniture, architecture, etc) बेल-बूटों वाला, सजावटी, भड़कीला; **2** (of style) अलंकारमय, *n* सजावटी शैली

rod रॉड *n* **1** डंडा, छड़, छड़ी, (यन्त्र आदि में लगी) सलाख़, शलाका, **2** (पीटने का) डंडा, बेंत; दण्ड, सज़ा, **Spare the** ∼ **and spoil the child** दण्ड न दिया जाए तो बच्चा बिगड़ जाता है; **to kiss the** ∼ चुपचाप या सहर्ष दण्ड स्वीकार करना; **to have a** ∼ **in pickle for** s.o. अवसर आने पर किसी को कठोर दण्ड देने के लिए तैयार रहना; **to make a rod for one's own back** स्वयं अपने लिए संकट पैदा करना

rodent रोडन्ट *n* & *a* चूहे की तरह कुतरने वाला जन्तु, कृन्तक प्राणी, (*e.g.* rat, squirrel, porcupine) **1** कुतरने वाला, कृन्तक, **2** (of ulcer) मांस और हड्डियों को खाने वाला, कृन्तक

rodomontade रॉड-मन्-टेड *n* & *a* & *vi* डींग, शेख़ी, गर्वोक्ति; *a* डींग-भरा, गर्वोक्तिपूर्ण, *vi* डींग हांकना

roe^1 रो *n* (*pl* ∼s *or* same) (also ∼**-deer**) (यूरोप और एशिया की) छोटी हिरनी, मृगी; ∼**-buck** हिरन, मृग

roe^2 *n* **1** (also **hard** ∼) मछली के अण्डाशय में विद्यमान अण्डसमूह; **2 soft** ∼ नर-मछली का शुक्र, मत्स्यशुक्र

rogation र-गेशन *n* (*eccl*, usu in *pl*) सन्त-महात्माओं से की गई प्रार्थना या याचना; **R**∼ **days** प्रार्थना (के तीन) दिवस

rogue रोग *n* **1** दुष्ट, बदमाश, लुच्चा, पाजी, धूर्त, ठग, **2** नटखट बच्चा, **3** (झुंड से अलग रहने या रखा जाने वाला) वहशी हाथी, भैंसा आदि (also ∼ **elephant**, ∼ **buffalo**, etc), **4** (अच्छी चीज़ों के समूह में) घटिया नमूना; घटिया या बेकार पौधा, कुतृण; **roguery** *n* **1** बदमाशी, धूर्तता, ठगी, धोखेबाज़ी, छल-कपट, **2** (बच्चे की) नटखटी, शरारत; **roguish** रोगिश *a* **1** दुष्ट, बदमाश, धोखेबाज़; **2** शरारती, नटखट

roister रॉइस्टर *vi* हो-हल्ला करना, हल्ला-गुल्ला करना, कोलाहलपूर्ण आमोद-प्रमोद करना, रंगरलियां मनाना; ∼**er** *n* शोर-गुल करते हुए रंगरलियां मनाने वाला

role रोल *n* **1** (नाटक में पात्र का) अभिनय; भूमिका, पार्ट; **to play a role** भूमिका अदा करना, भूमिका निभाना; **2** (किसी को सौंपा गया) काम, कार्य, कर्तव्य

roll^1 रोल *n* **1** बेलनाकार लपेटी हुई चीज़, बंडल, पुलिन्दा [∼s of paper, carpet, etc], खर्रा, **2** बट्टी, टिकिया [∼ of butter], गोली, बत्ती, **3** रजिस्टर, पंजी; सूची [∼ of heroes], **4** (सैनिकों, विद्यार्थियों आदि की) नामावली, नामावली का रजिस्टर, हाज़िरी-रजिस्टर; **to call the** ∼ हाज़िरी लेना या बुलाना; **roll of honour** सम्मानित व्यक्तियों, शहीदों आदि की सूची, सम्मान-सूची; **to strike off the** ∼**s** सूची या रजिस्टर से (वकील का) नाम हटाना, नाम काटना, वकालत करने से रोक देना, **5** बेलन, रोलर, **6** *comb*: ∼**-call** हाज़िरी लेना या बुलाना, ∼**-number** क्रमांक, रोल

नम्बर

roll^{2} *vt* & *i* 1 लपेटना, पुलिन्दा बनाना [to ~ (up) paper etc], गोलाकार या बेलनाकार बनाना या बनना [to ~ **cigarettes**], एक साथ लपेट देना [saint and philosopher ~ed into one, व्यक्ति जो सन्त भी हो और दार्शनिक भी, 2 रोलर फेर कर चपटा करना, **to ~ a metal** धातु की चद्दर बनाना, **~ed gold** सोने का मुलम्मा, 3 लुढ़काना [to ~ a barrel, coin, etc], लुढ़कना, **a rolling stone gathers no moss** (see gather); years roll **on, by** वर्ष बीतते जाते हैं; **to ~ s.o. over** किसी को चित गिरा देना; **to ~ over** लुढ़कता जाना, 4 (of horse) लोटना; to ~ **in** किसी चीज़ का प्राचुर्य होना, बड़ी संख्या में आना; **to be rolling in money, wealth,** etc बहुत अमीर होना, 5 झूमना, झूम कर चलना [to ~ in one's walk]; 6 (आंखों को) घूर्णित करना, (आंखों का) घूर्णित होना; 7 (of ship) इस तरह डोलना कि कभी दायां पार्श्व और कभी बायां पार्श्व पानी में अधिक डूबे, दायें-बायें डोलना (cf. pitch *vt*), 8 (of sea, river, etc) लहराना, 9 (of thunder, drum) गरजना, गड़गड़ाना, 10 (बोलने में) स्वर-कंपन करना या होना [He ~s his rs]

roller रोलर *n* 1 (रोटी बनाने का) बेलना, 2 (यन्त्र आदि का) बेलन, रोलर, 3 सड़क कूटने का इंजन, रोलर (also **road-~**), 4 बहुत ऊंची और लंबी लहर, उत्ताल तरंग

rollick रॉलिक *vi* & *n* रंग-रलियां मनाना, आमोद-प्रमोद करना, खूब मौज उड़ाना, उछल-कूद करना *n* उच्छृंखल आमोद-प्रमोद, स्वैर-विहार, उछल-कूद; **~ing** *a* रंगरलियां मनाने वाला, गुलछर्रे उड़ाने वाला, मनमौजी, ज़िन्दादिल

rolling रोलिङ्ग *a*. **~-mill** धातु की चद्दरें, सरिया आदि बनाने का कारखाना, रोलिंग मिल; **~-pin** बेलन; **rolling stock** गाड़ी के डिब्बे और इंजन; **~ stone** (see roll^{2}, 3)

roly-poly रोलि-पोलि *a* (usu of child) मोटा-ताज़ा, गोल-मटोल

Roman^{1} रोमन *n* 1 प्राचीन रोम का निवासी; 2 आधुनिक रोम का निवासी, रोमन

Roman^{2} *a* 1 प्राचीन रोम (-साम्राज्य) का, रोमन जाति का, रोमन; 2 **~ nose** बीच में से उठी हुई नाक, तोते-जैसी नाक, शुकनासिका; **~ letter, type** रोमन अक्षर (अंग्रेज़ी की छपाई के सीधे, न कि टेढ़े, तिरछे, मोटे आदि, अक्षर); **~ alphabet** रोमन वर्णमाला या लिपि (जो अंग्रेज़ी, फ़्रेंच आदि पश्चिम यूरोपीय भाषाओं के लिए प्रयुक्त होती है); **~ numerals** रोमन अंक (*e.g.*, I = 1, V = 5, X = 10, C = 100, D = 500, M = 1000)

Roman Catholic रोमन्-कैथलिक *a* & *n* पोप को धर्माध्यक्ष मानने वाला ईसाई-संप्रदाय; इस संप्रदाय का अनुयायी, रोमन-कैथलिक

romance^{1} र-मैन्स *n* & *vi* 1 (R~) फ्रांस, स्पेन, इटली आदि की (लैटिन से निकली) प्राचीन भाषा, रोमांस, 2 *collect* लैटिन से निकली भाषाएं, *i.e.* French, Spanish, Italian, Portuguese, Rumanian, etc (also Called **R~ languages**), 3 यूरोप की मध्ययुगीन वीर गाथा, 4 अद्भुत घटनाओं से पूर्ण कथा या उपन्यास, प्रेमकथा, प्रेमाख्यान, रोमांस, 5 रोमांस-साहित्य, 6 प्रेम-लीला, रोमांचकारी घटना, अनुराग-उद्दीपक वातावरण, अनुराग-प्रवृत्ति, 7 अत्युक्ति, अतिशयोक्ति, अतिरंजना, सुन्दर कल्पना, *vi* अत्युक्ति करना, कल्पना को स्वैर-विहार करने देना

Romance^{2} *a*. **~ languages** लैटिन से निकली भाषाएं (see prec 2)

romancer र-मैन्सर *n* 1 रोमांस-लेखक, 2 गपोड़िया

romantic र-मैन्टिक *a* 1 (of adventure, story) अद्भुत, रोमांचकारी, कल्पनामूलक, कल्पनाप्रधान, 2 (of person) भावुक, मस्ताना, स्वच्छन्दविहारी, स्वप्नदर्शी, शेख़चिल्ली, 3 (of scene, place) सुरम्य, रमणीय, 4 (of plan) अव्यावहारिक, शेखचिल्ली का-सा, 5 (of literature) जिस में शैली को कथावस्तु से अधिक महत्त्व दिया जाए, जिसकी शैली आकर्षक हो पर जो सर्वांगसुन्दर न हो (cf. classic), रोमानी, रोमांसवादी; **~ism** रमैन्टिसिज़म *n* रोमांसवाद; **~ist** *n* रोमांसवादी, **~ize** रमैन्टिसाइज़ *v* रोमानी शैली में लिखना, रोमानी रूप देना

Romany रॉमनि *n* 1 जिप्सी (see gypsy), 2 जिप्सी-भाषा, रोमणी

Rome रोम *n* 1 रोम (नगर या राज्य), **All roads lead to ~** गन्तव्य स्थान पर पहुंचने के अनेक रास्ते हैं; चाहे किसी रास्ते से जाओ, पहुंचोगे वहीं; **~ was not built in a day** रोम एक दिन में नहीं खड़ा हो गया था; कोई बड़ा काम करने में बड़ा समय लगता है; **When in ~ do as ~ does** देश के अनुसार अपने आपको ढाल लो, जैसा देश वैसा भेस (या व्यवहार), 2 रोमन साम्राज्य

romp रॉम्प *vi* & *n* 1 (of children) खेलना-कूदना, उछलना-कूदना, कूद-फांद करना, दौड़ा-दौड़ी करना; *n* नटखट लड़का या लड़की; मरदानी लड़की; 2 उछलकूद, हुड़दंग

romper *n* (in *sing* or *pl*) बच्चे की कुर्ती, रोम्पर

rondeau रॉन्डो *n* दस या तेरह पंक्तियों की कविता, रोंडो

rondel रॉन्डल *n* (see prec) रोंडो का एक भेद, रोंडल

rondo रॉन्डो *n* (*pl* ~s) गीत या संगीत जिस में मुख्य पद कई बार दोहराया जाता है

roneo रोनिओ *n* (*pl* ~s) & *vt* स्टेंन्सिल (stencil) से प्रतिलिपि बनाने की मशीन; *vt* (इस

मशीन से) प्रतिलिपि बनाना

rood रूड *n* **1** *arch* क्रूस (see cross^{1}), **2** (ईसा की) मूर्तिसहित क्रूस, **3** चौथाई एकड़

roof रूफ़ *n* & *vt* **1** छत, **under one ~** एक ही इमारत या दुकान में; (*fig*) **to live under s.o.'s ~** किसी के घर में (**अतिथि** बन कर) रहना; **a ~ over one's head** रहने (-मात्र) की जगह; **2** (कुटिया का) छप्पर; छाजन [under a ~ of foliage], **3** शिखर, **~ of the world** बहुत ऊंची पर्वतमाला, **4 ~ of the mouth** तालु, *vt* छत या छप्पर या छाजन डालना [to ~ sth (**in, over**)], छत का काम **देना**; **~less** *a* **1** बिना छत या छप्पर का, **2** (of person) बेघर-बार, निराश्रय

roofer रूफ़र *n* छत बनाने वाला, छत की मरम्मत करने वाला

rook रुक *n* & *vt* **1** पहाड़ी कौआ, **2** (वि० ताश या शतरंज में) धोखा करने वाला, चालबाज़, पत्ताचोर, *vt* **1** (ताश आदि में) धोखे से पैसा जीतना, **2** (ग्राहक को) मूंडना

rookery रुकरि *n* **1** कौओं **का** अड्डा या बसेरा, **2** कौओं के बसेरा करने के वृक्षों का झुंड, कौओं की वस्ती, **3** (*hist*) गन्दी और घनी बस्ती, झुग्गी-झोंपड़ी

room रूम *n* **1 स्थान**, जगह, समाई [There is plenty of ~]; **to make ~ for sth, s.o.** किसी चीज़ के लिए जगह खाली करना, किसी (व्यक्ति) को जगह देना; हटना, सरकना, **2** अवसर, मौका, गुंजाइश [No ~ for doubt]; **There is ~ for improvement** काम या स्थिति संतोषजनक नहीं है, इसमें सुधार की गुंजाइश है, **3** कमरा, कक्ष, कोठरी; **~-mate** उसी कमरे में रहने वाला व्यक्ति; साथी; **~ service** (at hotel) कमरे में भोजन आदि पहुंचाने की व्यवस्था, कक्ष-सेवा

roominess रूमिनिस *n* पर्याप्त जगह या समाई

roomy रूमि *a* जिसमें काफ़ी जगह हो, खुला, लंबा-चौड़ा

roost रूस्ट *n* & *vt* **1** पक्षी के सोने का डंडा, बसेरा, अड्डा, (कबूतरों की) छतरी; *fig* सोने का कमरा, शयनकक्ष, शयनागार, to go to ~ सोने जाना, **2 Curses come home to ~** शाप देने वाले को स्वयं शाप लगता है; **to rule the ~** = to rule the roast (see roast^{1}), *vi* **1** (of bird) अड्डे पर जाना या बैठना, बसेरा लेना, **2** (of person) सोना, सोने जाना, विश्राम करना, ठहरना, टिकना

rooster रूस्टर *n* पालतू मुर्ग़ा

root^{1} रूट *n* **1** जड़, मूल; **to pull up by the ~s** जड़ से उखाड़ना; **to take** *or* **strike root** जड़ पकड़ना; *fig* स्थायी या पक्का हो जाना, जम जाना; **to strike at the ~(s)** of an evil बुराई का उन्मूलन करना, **~ & branch** (see branch), **2** (also **edible root**) पौधा जिसकी जड़ खाई जाती है, कन्द, कन्दमूल, गाजर, मूली, शलगम आदि, **3** (आदि-) स्रोत, (आदि-) कारण, मूल, मूलकारण, जड़ [Greed is the ~ of all evil], **4** आधार, **5** तत्त्व, असलियत, तह [to get at the ~ of things], **6** *math* मूल, **square ~** वर्गमूल, **cube ~** घनमूल, **7** *philol* मूलतत्त्व, मूलशब्द, धातु, **8 ~-stock** = rhizome *q.v.*; **~-word** मूलशब्द; **~less** *a* निर्मूल, निराधार

root^{2} *vt* & *i* **1** जड़ जमाना; *fig* स्थिर या पक्का करना, जमाना, गाड़ना, हिलने-डुलने न देना [Fear ~ed him to the spot], **2** आधार प्रदान करना, का आधार होना [Obedience is generally ~ed in fear], **3 to ~ sth out** उन्मूलन करना; **to ~ sth up** जड़ से उखाड़ना; **4** *vi* जड़ पकड़ना; **~ed** *a* बद्धमूल, पक्का, स्थायी, स्थिर [Her affection was deeply ~ed]

root रूट, **rootle** रूटल, **rout** राउट, *vi* & *t* **1** (of swine etc) (खुराक की तलाश में) थूथन से धरती कुरेदना या खोदना, **2** (*of person*) **to root among, in,** papers काग़ज़ों में ढूंढना या तलाश करना, **3** *vt* **to root** sth **out, up** ढूंढ निकालना

rope^{1} रोप *n* **1** (सन, चमड़े, तार आदि की) रस्सी, रस्सा, रज्जु, **2 the rope** फांसी; **3 the ~s** (काम के) नियम, शर्तें, क्रियाविधि, **to know the ~s** काम से संबंधित सब बातें जानना, काम में लायक या कुशल होना; **to show** s.o. **the ~s** किसी को काम अच्छी तरह समझा देना, कार्यकुशल बनाना, **4 to give** s.o. **~ enough to hang himself; to give s.o. plenty of ~** किसी को बहुत ढील देना (जिससे कि वह स्वय मुसीबत में फंस जाए), **5 ~ of onions, ova, pearls** प्याज़ आदि की लड़ी; **6** ***comb*: ~-ladder** रस्सी की सीढ़ी; **~-dancer, ~-walker** नट, बाजीगर, रज्जुनर्तक; **~-dancing, ~-walking** रस्सी पर चलना या नाचना, रज्जुनर्तन; **ropeway** नदी के आर-पार या पहाड़ पर दो जगहों के बीच लोहे के रस्से के सहारे चलने वाला हिंडोला आदि, तारगाड़ी, रज्जुपथ

rope^{2} *vt* रस्सी से बांधना, to **~ in, off** (जगह को) रस्सी से घेरना; **to ~ s.o. in** (i) किसी को अपने पक्ष में कर लेना, किसी को काम में भाग लेने को राज़ी कर लेना; (ii) फंसा लेना, फुसलाना

ropy रोपि *a* **1** (of wine, bread, etc) जिसमें चिपचिपे तन्तु बन गये हों, तन्तुमय; **2** रज्जुवत्

roquet रोके *vt* & *i* & *n* क्रोके (croquet *q.v.*) के खेल में एक गेंद को दूसरी पर मारना; *vi* गेंद से टकराना; *n* गेंदों की टक्कर

rorqual रॉर्क्वल *n* एक प्रकार की ह्वेल मछली

rosace रोज़ेस *n* **1** चक्राकार या गोल खिड़की, **2** गुलाब के आकार का आभूषण; **rosaceae** **रोज़ेसि-ई** *n* गुलाब की जाति (के फूल); **rosaceous** र-ज़ेशस *a* गुलाब जाति **का**, गुलाबवत्

rosarian रज़ेअ-रिअन *n* गुलाब-प्रेमी, गुलाब

उगाने वाला

rosarium रज़ेॅअ-रिअम *n* गुलाब-उद्यान; गुलाब-वाटिका

rosary रोज़रि *a* **1** गुलाब-उद्यान, गुलाब-क्यारी, **2** (रोमन-कैथलिक) प्रार्थना-विशेष; जप; **3** (जप की गिनती करने की 55 या 165 मनकों की) माला, (अन्य धर्मों की) जपमाला, जपनी; **lesser ~** (55 मनकों की) छोटी जपनी

rose रोज़ *n* **1** गुलाब (फूल या पौधा), पाटल; **a bed of roses** सुखमय स्थिति या अवस्था, आनन्द ही आनन्द, फूलों की सेज; **no bed of ~s** कठिन कार्य, दुःखद स्थिति, कांटों की सेज; **no ~ without a thorn** जहां फूल वहां काँटा; **under the ~** = sub rosa (see sub. *prep.*). **2** छिद्रिल टोंटी [~ of a watering-can], **3** गुलाबी रंग, **4 the rose** ख़ारिश का रोग जिसमें त्वचा लाल हो जाती है; **5** *comb*: **~-bed** गुलाब की क्यारी; **~-bush** गुलाब का पौधा; **~-coloured** गुलाबी; (*fig*) आशामय, आशावादी, **to take a ~-coloured view; to see things through ~-coloured spectacles** आशावादी दृष्टिकोण होना; आशावान् होना; **~-water** गुलाब-जल; **~-window** चक्राकार खिड़की; **~wood** शीशम (आदि पेड़ और उनकी लकड़ी जो फ़र्नीचर बनाने में काम आती है)

roseate रोज़िअट *a* **1** गुलाबी, **2** आशावादी, आशामय, उज्ज्वल

rosemary रोज़्मरि *n* एक सदाबहार सुगंधित पौधा

roseola रो-ज़ीअल: *n* ख़सरे आदि में निकलने वाले लाल चकत्ते, ददोरा

rosette र-ज़ेॅट *n* **1** गुलाब के आकार का फुँदना, **2** दीवार पर बनी गुलाब-जैसी आकृति; **3** चक्राकार खिड़की, **4** *biol* गुलाब के आकार का अंगों का गुच्छा, गुलाबवत् अंगसमूह

rosin रोॅज़िन *n* गंधराल, बरोज़ा

roster रोस्टर *n* & *vt* व्यक्तियों के काम पर आने की बारी की सूची; (कर्तव्य-) क्रमसूची, क्रमतालिका, रोस्टर, *vt* सूची या रोस्टर में नाम लिखना

rostral रोॅस्ट्रल *a* **1** (*zool.*) चोंच का, चंचु का (f. rostrum, 2); **2** (of column) चंचु से सुसज्जित

rostrated रोॅस्-ट्रेटिड *a* चोंचदार, चंचुमय

rostrum रोॅस्ट्रम *n* (*pl* **-ra, -rums**) **1** व्याख्यान-मंच, भाषण-मंच, मंच, **2** (*zool, bot*) चोंच, चंचु, थूथन, तुंड

rosy रोज़ि *a* **1** गुलाबी, लाल; **2** आशावादी, आशामय, उज्ज्वल [a ~ prospect]

rot^1 रोॅट *n* **1** क्षय, ह्रास, पतन, **2** गला-सड़ा होना, गलन, सड़न, सड़ांध, दुर्गन्ध, **3 the rot** (भेड़ों का) जिगर का रोग, **4** बेहूदा बात, बेहूदगी, बकवास [Don't talk rot; (often as *int.*) What rot!]; **5** (**crick, war, etc**) असफलताओं की शृङ्खला, नाकामियों का सिलसिला, एक के बाद एक कई खिलाड़ियों का आउट होना, हार पर हार होने लगना [A rot set in; Try to stop the ~]

rot^2 *vi* & *t* **1** गलना, सड़ना, गल-सड़ जाना, दुर्गन्धयुक्त होना, **2** (of institutions etc) हालत बिगड़ना, ह्रास या पतन होना, **3** (of prisoner) घुलना, सड़ना [He is ~ting in jail]; **4** *vt* गलाना, सड़ाना

rota रोट: *n* **1** बारी-बारी से काम पर आने वालों की सूची, कामों के क्रम की सूची, कर्तव्य-क्रम सूची, रोस्टर (see roster), **2** (R.—C. Ch) सर्वोच्च न्यायालय

Rotarian र-टेॅअ-रिअन *n* रोटरी-संस्था का सदस्य (see foll.)

rotary रोटरि *a* & *n* घूमने वाला, भ्रमी; **~ motion** चक्राकार गति, चक्रगति; **~ printing-press** भ्रमी मुद्रणयन्त्र; रोटरी मशीन; *n* **1** रोटरी मशीन, **2 (The) Rotary, Rotary International** एक अन्तर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था, रोटरी-क्लब

rotate रो-टेट *vi* & *t* **1** (अक्ष पर अथवा केन्द्र के इर्द-गिर्द) घूमना या घुमाना, परिक्रमा करना, **2** बारी-बारी से आना या होना; फ़सलों को बारी-बारी से लगाना, बदल कर लगाना, (व्यक्तियों को) बारी-बारी से काम पर लगाना

rotation रो-टेशन *n* **1** घूमना, परिक्रमण, परिक्रमा, चक्कर, **2** आवर्तन; **by, in, ~** बारी-बारी से; **3 ~ of crops** एक ही भूमि में बारी-बारी से अलग-अलग फ़सलें लगाना, फ़सलों का हेर-फेर; **~al** *a* घूमने वाला, घूमने या घुमाने का, घूर्णी, घूर्णात्मक, परिक्रमणात्मक, चक्राकार

rotative रोट-टिव *a* = rotatory

rotator रो-टेटर *n* **1** अंगों को **घुमाने** वाली मांस-पेशी, घूर्णी; **2** घूमने वाला यन्त्र

rotatory रोट-टरि *a* **1** घूमने वाला; घुमाने वाला; **2** चक्राकार [~ motion]

rote रोट *n* अभ्यास-मात्र, आवृत्ति; **to learn sth by ~** रट लेना, घोखना, घोंट लेना; **to say sth by ~** यन्त्रवत् बोल देना, रटा-रटाया बोल देना

rotifer रोटि-फ़र *n* घूमने वाले अंगों वाला जलचर अणु-जीव, चक्रधर

rotograph रोट-ग्राफ़ *n* पांडुलिपि का फ़ोटो, रोटोग्राफ़

rotor रोटर *n* **1** (यन्त्र का) घूमने वाला पुर्ज़ा, भ्रमी; **2** *aeron* हेलिकाप्टर का पंखा, रोटर

rotten रोॅटन *a* **1** गला-सड़ा, बदबूदार, ख़राब, गन्दा [a ~ egg.], **2** (of sheep) जिगर-रोगग्रस्त; **3** भ्रष्ट, पतित, दूषित; **Something is ~ in the state of Denmark** स्थिति असन्तोषजनक है; कुछ गड़बड़ है; **4** निकम्मा, बेकार; नालायक, अकुशल; **~ness** *n* **1** गली-सड़ी हालत, सड़ांध, बदबू, ख़राबी, **2** जीर्ण-शीर्ण अवस्था, भ्रष्टता

rotter रॉटर *n* (*sl*) अकुशल या अयोग्य या खराब या निकम्मा आदमी, अवांछनीय व्यक्ति, दुराचारी

rotund रो-टन्ड *a* **1** गोल, चक्राकार, वृत्ताकार, वर्तुल, **2** (of person) गोल-मटोल, **3** (of speech) भारी-भरकम शब्दों से पूर्ण, शब्दाडम्बरपूर्ण, (of style) ज़ोरदार, प्रभावशाली, ओजस्वी

rotunda रो-टन्ड: *n* गोल इमारत या भवन (वि० जिसपर गुंबज भी हो); गोल कमरा या हाल

rotundity रो-टन्डिटि *n* **1** गोलाई, **2** (of style) शब्दाडम्बर, समासबाहुल्य, ओज, ओजस्विता

rouble, ruble रूबल *n* रूसी सिक्का, रूबल

roué F रूए *n* व्यभिचारी

rouge रूश्ज़ *n* & *vt* & *i* **1** गालों और होंटों पर लगाने का लाल पाउडर, सुर्ख़ी, रूज़, **2** jewellers' ~ आभूषणों को चमकाने का पाउडर, **3** क्रान्तिकारी राजनीतिज्ञ; *vt* & *i* (गालों पर) रूज़ या सुर्ख़ी लगाना

rough^1 रफ़ *a* **1** (of surface) खुरदरा, खुरखुरा, (of skin) रूक्ष; लोमश, बालदार, (of cloth) मोटा; (of ground or road) ऊंचा-नीचा, ऊबड़-खाबड़, असम; (of voice) कर्कश, **2** (of wind) प्रचण्ड, तेज़, (of weather) आंधी-पानी वाला, तूफ़ानी, ख़राब, (of sea) जिसमें लहरें उठ रही हों, क्षुब्ध, अशान्त; **rough passage** अशान्त समुद्र से गुज़रना, *fig* कठिनाइयों का सामना होना, **3** (of person) अशिष्ट, अभद्र, बदतमीज़, कठोर [to be ~ **with** s.o.]; (of manners) अशिष्ट, अशिष्टता का, बदतमीज़ी का; ~ **tongue** कठोर या कटु शब्द बोलने का स्वभाव, बदज़बानी; **rough work** मार-पीट (also see 4 below); **to have a ~ time** कष्ट सहना, मार-पीट सहना; **4** लगभग, करीब-करीब; अपरिष्कृत, कामचलाऊ, गुज़ारे-लायक, कच्चा; ~ **copy** कच्ची नकल, ~ **draft** कच्चा मसौदा; ~ **calculation** मोटा हिसाब, ~ **estimate** मोटा अनुमान या अन्दाज़ा; ~ **guess** मोटा अनुमान; ~ **translation** लगभग ठीक अनुवाद, ~ **work** कच्चा काम; **5** अनाड़ीपन का, लापरवाही का [~ handling, ~ usage], **6** *comb*: **~-and-ready** कामचलाऊ, गुज़ारे-लायक; **~-and-tumble** *n* बेकायदा लड़ाई, हाथापाई, *adj* जो नियमानुसार न हो, बेकायदा, **~-and-tumble combat,** game, etc अनियमित लड़ाई, खेल आदि, **~cast** *adj* (of plan etc) जिसका पूरा ब्योरा न तैयार किया गया हो, मोटी रूपरेखा वाला, कच्चा; *vt* कच्चा मसौदा तैयार करना; **~dry** (कपड़ा) सुखा कर इस्तरी न करना; **~-hew** स्थूल रूप से (मूर्ति) तराशना; मोटी रूप-रेखा बनाना; **~-hewn** अशिष्ट; **~-rider** घोड़े को सधाने वाला; व्यक्ति जो बिना सधाये हुए घोड़ों पर सवारी कर सके; **roughshod** (of horse) जिसकी नाल की कीलों के सिरे बाहर निकले हुए हों; **to ride roughshod over s.o.** (व्यक्ति पर) धौंस जमाना; कठोरता का व्यवहार करना, बुरी तरह पेश आना, (भावनाओं को) बुरी तरह कुचल देना

rough^2 *n* **1** ऊबड़-खाबड़ धरती; **2** जीवन का कष्टमय समय, कष्ट, मुसीबत, **3** गुंडा [He was attacked by the college ~s], **4** कच्चापन, अधूरापन, स्थूल रूप [statue in the ~]

rough^3 *vt* **1 to ~ (up)** the hair, the feathers बालों को उलट-पुलट करना; पंख खड़े करना, **2 to ~ s.o. up the wrong way** किसी को चिढ़ाना या खिजाना; **3 to rough it** जीवन की साधारण सुविधाओं के बिना काम चलाना, कष्ट उठाना या सहना

roughage रफ़िज *n* **1** मोटा चारा, **2** (अनाज का) चोकर, (खाद्यपदार्थों का) मोटा-झोटा अंश, (फलों का) नीरस अंश, फोक

roughen रफ़न *vt* & *i* **1** खुरदरा करना या हो जाना, ऊबड़-खाबड़ बनाना या बनना, **2** उद्धत या कठोर बनाना या बनना, **3** (समुद्र को) क्षुब्ध करना, क्षुब्ध होना

roughly रफ़्लि *adv* **1** अशिष्टता से, बदतमीज़ी से [to treat s.o. ~], **2** लगभग, मोटे तौर से [~ speaking]

rouleau रू-लो *n* **1** (सिक्कों की बेलनाकार) गड्डी, **2** बंडल, पुलिन्दा; **(सजावटी) लच्छा,** लच्छी

roulette रू-लेॅट *n* **1** जूए का खेल-विशेष, रूलेट, **2** *math* एक प्रकार का वक्र; **3** डाक टिकटों में छिद्र करने का दांतेदार चक्र, छिद्रक

round^1 राउन्ड *a* **1** (गेंद, पहिये या बेलन की तरह) गोल, वर्तुल, गोलाकार, बेलनाकार, **2** the **R~ Table** प्राचीन ब्रिटेन का सम्राट् आर्थर (Arthur) और उसके साथी गोल मेज़ के इर्द-गिर्द बैठा करते थे जिससे कि कोई किसी से बड़ा न समझा जाए, **~-table conference** गोल-मेज़ सम्मेलन (जिस में भाग लेने वालों का दर्जा समान माना जाता है) **3** चक्राकार, **round trip** *or* **voyage** चक्र-यात्रा (जो जहां से शुरू हो वहीं ख़तम भी हो); पूरा चक्कर; **4 round robin** (i) प्रार्थनापत्र जिस पर प्रार्थियों के हस्ताक्षर दायरे में हों (जिससे यह न पता चले कि किसने सब से पहले हस्ताक्षर किये थे), चक्र-आवेदनपत्र; (ii) (chiefly U.S.) ऐसी प्रतियोगिता जिस में हर प्रतियोगी को हर दूसरे प्रतियोगी के साथ कम से कम एक बार अवश्य खेलना होता है, चक्र-प्रतियोगिता, **5** पूरा, ~ **dozen, score,** etc पूरा दर्जन; पूरी कोड़ी, **6** लगभग, करीब-करीब, ~ **numbers** *or* **figures** लगभग 10, 20, 100 आदि (अर्थात् 12, 22, 104 आदि के स्थान में निकटतम ऐसी संख्या जिसके अन्त में 0 हो); **7** **a (good) ~ sum** काफ़ी बड़ी राशि या रकम

round^2 *n* **1** गोल चीज़, गोला, **2** वृत्त, चक्र, दायरा, **3** घेरा, दायरा, परिधि, सीमा, **4** परिक्रमा, चक्कर [the yearly ~ of the earth]; चक्कर

[the daily ~ of the earth]; **5** चक्र-यात्रा, चक्कर, फेरा, दौरा; to go for a (good) ~ (लंबी) सैर करना (और लौट आना); the postman's ~ डाकिये का चक्कर या फेरा; **to make** *or* **go one's ~s** फेरा लगाना; चक्कर लगाना, [Jim was still making his ~s, visiting members of the community], (सन्तरी का) गश्त लगाना [The *chowkidar* is making his ~s]; (निरीक्षण के लिए) दौरा करना; **to make the ~ of** का चक्कर काटना, की परिक्रमा करना; **6** (सिलसिले या शृङ्खला की एक) बार, बारी, पारी [a fight of ten rounds; he was knocked out in the second ~]; बारी, दौर [The next round of talks will be held in Delhi]; **7** a ~ of drinks शराब का दौर; **8** तांता, सिलसिला, क्रम [a ~ of pleasures; round and round of cheers]; **9 the daily round** दिनचर्या, नित्य-प्रति के काम-काज; **10** (राइफ़ल, पिस्तौल आदि का) कारतूस, गोली [The police fired three rounds]; **11** अलग-अलग अस्त्रों से एक-साथ निकलने वाली एक-एक गोली, इन की एक बौछार; They fired several rounds उन्होंने कई बार गोली चलाई या गोलियों की बौछार की; **12 roundsman** (व्यापारी का) माल पहुंचाने या आर्डर लेने वाला नौकर, फेरीदार, फेरी वाला

round^3 *adv & prep*, **I, 1** इर्द-गिर्द, चारों ओर, to turn ~ चक्कर लगाना या काटना, घूम जाना; **to go ~ and ~** घूमते जाना; कई चक्कर काटना; **all ~, right ~** चारों ओर [The garden has a wall all ~ *or* right ~], **2** (to sleep) **the clock ~** *or* **~ the clock** बारह घंटे या चौबीस घंटे सोना; (also see clock^1) **all the year ~** सारा साल, वर्ष भर; **3** फिर, Spring came ~ फिर वसन्त आया; **4 to show s.o. round** किसी को (सारी जगह) घुमा कर दिखाना, **5** के दायरे में, घेरे में [all the neighbours for a mile ~]; **6** सर्वत्र, सबके लिए, There is not enough to go round इतना नहीं है कि सब को मिल सके; **II** *prep* **1** इर्द-गिर्द, चारों ओर [to go ~ sth; there is a wall all round the garden], **2** You will find the bank ~ the corner गली मुड़ते ही आप को बैंक मिलेगा, **3 round about** लगभग, आस-पास, करीब-करीब [~ about midday; it will cost ~ about Rs. 10]

round^4 *vt & i* **1** गोल करना या होना; गोलाकार बनाना या बनना, **2** to ~ off the angles कोनों को गोल करना, **3** होंटों को गोल कर के बोलना, गोलित करना [to ~ a vowel], **4** घूम कर जाना, मुड़ना [to ~ the corner], **5 to round off** (ठीक ढंग से) पूरा करना, संपूर्ण करना, सुचारु रूप से समाप्त करना [to ~ **off a career, the negotiations**], **6 to ~ down, up** थोड़ा-सा घटा या बढ़ा कर पूर्णाङ्क बना देना [The **price** has been ~ed up from Rs. 14.50 to Rs 15], **7** to ~ **up** the cattle ढोरों को इकट्ठा करना, to ~ **up** the rebels विद्रोहियों की धर-पकड़ करना, **8 round-up** *n* (i) (ढोरों का) एकत्र करना, (ii) धर-पकड़, गिरफ़्तारी, (iii) संक्षेप, सारांश [**a ~-up of news**]

roundabout राउन्ड-बाउट *n & a* **1** गोल सड़क, **2** चक्कर (जिस के इर्द-गिर्द गाड़ियां घूम के जाती हैं), यातायात-चक्कर, **3** = merry-go-round (see merry), *Prov*: **You lose on the swings what you make on the ~s** (एक सौदे में जितना नफ़ा कमाया दूसरे में उतना घाटा पड़ा) अन्ततः न नफ़ा हुआ न घाटा, **4** घुमाव-फिराव की बात; *a* **1** (of road) चक्करदार, **2** *fig* घुमाव-फिराव वाला

roundel राउन्डल *n* **1** (थाली की तरह) गोलाकार वस्तु, गोलाकार चिह्न या पदक आदि, **2** = rondeau, rondel

roundelay राउन्डिले *n* **1** (टेक वाला) लघुगीत, **2** *arch* पक्षी का गीत

roundly राउन्ड्लि *adv* **1** उत्साहपूर्वक, अच्छी तरह से, to go ~ to work जी लगा कर काम करना, **2** साफ़-साफ़, स्पष्टतया [I told him ~ not to come here again]

roup रूप *n* (मुर्गियों का) नज़ला, चेचक आदि रोग

rouse राउज़ *vt & i* **1** (छिपे हुए शिकार को) बाहर आने पर मजबूर करना, बाहर निकालना, **2** (व्यक्ति को) जगाना [to ~ s.o. (**from** sleep)], **3** होशियार करना, चौकन्ना करना, सावधान करना, ख़बरदार करना [to ~ the camp]; **4** आलस्य दूर करना, कार्यशील बनाना [to ~ s.o. to action]; **to ~ oneself** आलस्य त्यागना, **5** गुस्सा दिलाना, भड़काना, **6** (भावना) जागृत करना, पैदा करना [to ~ s.o.'s **anger**, admiration, etc]; **7** जागृति पैदा करना, क्रियाशील बनाना [to ~ the masses], **8** *vi* जागना; क्रियाशील बनना

rouser राउज़र *n* **1** जगाने वाला, उकसाने वाला आदि; **2** घोर असत्य; बड़ा भारी झूठ

rousing राउज़िङ्ग *a* **1** जोशभरा, उत्साहपूर्वक [a ~ reception], **2** जोश दिलाने वाला, उत्साहवर्द्धक [a ~ speech]; **~ lie** घोर असत्य, बड़ा भारी झूठ

rout^1 राउट *n* **1** रंगरलियां मनाने वालों की टोली, **2** *law* दंगइयों या बलवाइयों का दल, **3** कोलाहल; हल्लागुल्ला, हंगामा; दंगा

rout^2 *n & vt* (*mil*) घोर पराजय, भगदड़ [to **put troops to ~**]; *vt* बुरी तरह हराना (जिससे कि हारने वालों में भगदड़ मच जाए), तितर-बितर करना, मार भगाना, खदेड़ना

rout^3 *vi & t* **1** (of swine etc) थूथनं से धरती कुरेदना, **2** *vt* किसी चीज़ या व्यक्ति को ढूंढ

निकालना, 3 किसी को बिस्तर या घर या छिपने की जगह से बाहर खींच लाना या निकालना [to ~ s.o. **from** *or* **out of** his bed, house, hiding place, etc]

route^1 रूट *n* 1 (आरंभ से लेकर गन्तव्य स्थान तक का सारा) रास्ता, मार्ग, यात्रा-मार्ग, यात्रापथ; Bus ~ बस-मार्ग, 2 (*mil*) *arch* कूच का हुक्म, प्रयाण-आदेश [to get, give, the ~], 3 **route march** (सैनिकों का) प्रशिक्षण-कूच, 4 **en route** F (आँरूट) रास्ते में [Haridwar is en route (to Badrinath); Shall see him en route]

route^2 *vt* मार्ग निर्धारित करना, (निर्धारित) मार्ग से भेजना या ले जाना

routine रू-टीन 1 काम का नियत क्रम या ढंग, ढर्रा; नित्यप्रति का काम, नित्यचर्या, दैनिक कार्य, नेम [office ~], 2 *attrib* नित्य प्रति का, रोज़ का, दैनिक [These are my ~ duties]

rove^1 रोव *vi* & *t* & *n* 1 नियत गन्तव्य स्थान के बिना घूमना, मटरगश्त करना, 2 (of eyes) इधर-उधर फिरना या देखना [His eyes ~d over the pictures], 3 *vt* घूमना-फिरना [to ~ the streets], 4 (of pirates) to ~ the seas समुद्र का गश्त लगाना; *n* मटरगश्त, परिभ्रमण [to be on the ~]

rove^2 *n* & *vt* (रूई, ऊन आदि की तनिक बटी हुई) पूनी, *vt* पूनी बनाना

rover रोवर *n* 1 घूमने-फिरने वाला, सैलानी आदमी, घुमक्कड़, पर्यटक, यायावर, 2 समुद्री डाकू, जल-दस्यु, 3 **R**~ प्रवर बालचर या स्काउट

roving रोविङ्ग *a* सैलानी, यायावर; ~ **ambassador** यायावर राजदूत; ~ **commission** काम के संबंध में जगह-जगह जाने का अधिकार या आदेश, परिभ्रमण अधिकार या आदेश

row^1 रो *n* 1 पंक्ति, कतार, **in a** ~, **in** ~**s** कतार बांध कर; **in a row** (*colloq*) एक के बाद एक, लगातार [We have had three bad harvests in a ~; He spent Sunday evening seeing as many as three movies in a row], **2** ~ **(of houses)** गली (जिसकी एक या दोनों तरफ़ मकान हों); 3 बाग़ में पौधों की पंक्ति, **a hard row to hoe** कठिन काम

row^2 *vi* & *t* & *n* 1 चप्पू या डांड़ चलाना, नाव चलाना, नाव खेना, नाव में सैर करना, 2 (यात्री को) नाव में ले जाना; to ~ s.o. over the river नाव में बिठाकर नदी-पार पहुंचाना, 3 ~-**boat**, ~**ing-boat** चप्पुओं से चलने वाली नाव; *n* खेवाई; नौका-विहार [to go for a ~]

row^3 राउ *n* (*colloq*) 1 शोर-गुल, गुल-गपाड़ा, हो-हल्ला, हंगामा; झगड़ा, विरोध; **to make, kick up, a** ~ (i) हो-हल्ला करना, (ii) झगड़ा करना, घोर विरोध करना, 2 दंगा, फ़साद, झगड़ा [to be always ready for a ~], 3 डांट-फटकार; I shall get into a ~ मुझे डांट-फटकार मिलेगी

row^4 राउ *vt* & *i* 1 डाँटना, डपटना, झिड़कना, फटकारना, 2 *vi* हो-हल्ला करना, झगड़ा करना [She's always ~ing with her neigbours]

rowdiness राउडिनिस *n* दंगाईपन, गुंडापन, उपद्रवशीलता

rowdy राउडि *n* & *a* अशिष्ट और उद्दण्ड (व्यक्ति), गुंडा; ~**ism** राउडिइज़म *n* हुल्लड़, हुल्लड़बाज़ी, ऊधम, गुंडई, गुंडागर्दी

rowel राउल *n* & *vt* (-ll-) घुड़सवार के जूते की एड़ी पर लगा हुआ कीलदार चक्र, महमेज़ की फिरकी, *vt* (घोड़े को) एड़ लगाना

rowlock रॉलक *n* डांड़ या चप्पू अटकाने के दो कुंडे, चप्पू-कुंडे

royal रॉइल *a* 1 राजा का, राजकीय, शाही [~ family, ~ decree], 2 शाही, राजोचित, [~ magnanimity, munificence], 3 राजसी, शानदार, बढ़िया [a ~ feast]; to have a **(right)** ~ time खूब मज़े करना, मौज उड़ाना, 4 प्रतापवान्, **तेजस्वी, ओजस्वी, रोबदार, रोबीला** [~ **appearance**], 5 ~ blue शुद्ध चमकीला नीला रंग, 6 ~ road (see road); ~**ism** *n* 1 राजतन्त्र में विश्वास, राजतन्त्रवाद, 2 राजभक्ति; ~**ist** *n* 1 राजतन्त्र का समर्थक, राजतन्त्रवादी, 2 राजभक्त, राजानुयायी, (गृहयुद्ध में) राजा का साथ देने वाला, राजसहायक

royalty रॉइल्टि *n* 1 राजा या रानी का पद या अधिकार, राजत्व, राजसत्ता, 2 *collect* राजपरिवार [a hotel **patronized** by ~], 3 (in *pl*) royalties राजघराने के लोग, 4 (usu in *pl*) (i) लेखक को **पुस्तकों** की बिक्री पर प्रकाशक से मिलने वाली रकम, लेखक का अधिकार या हिस्सा, रायल्टी, (ii) खान के पट्टेदार द्वारा खनिज निकालने के लिए खान-मलिक को दी जाने वाली रकम, खान-मालिक का हिस्सा, रायल्टी [mining royalities]

rub^1 रब *vt* & *i* (-bb-) 1 रगड़ना, घिसना, 2 to ~ one's hands (गरमाहट के लिए) हाथ मलना, संतोष व्यक्त करना, 3 **to** ~ **shoulders with** other people लोगों से मिलना-जुलना, लोगों के संपर्क में आना; 4 **to** ~ **s.o. (up) the wrong way** किसी को नाराज़ करना, चिढ़ाना, 5 मलना, मालिश करना [to ~ one's leg with oil], 6 (with *prepp*) **to** ~ **in** (मरहम आदि) ज़ोर से मलना (जिससे कि त्वचा में धँस जाए); *fig* किसी की ग़लती उसे बार-बार जताना [Don't ~ it in]; to ~ **off, away** (dust, an impression, shyness, etc) (ज़ंग, निशान, झेंप आदि) दूर करना, मिटाना; to ~ **out** (a stain etc) रगड़ कर मिटाना; to ~ **up** रगड़ कर चमकाना, 7 *vi* to ~ **on, along** कष्टपूर्वक धीरे-धीरे आगे बढ़ना, जैसे-तैसे काम चलाना या निर्वाह करना

rub^2 *n* रगड़, रगड़ा, रगड़ाई; मालिश [to give s.o. a ~, ~-up, ~-down], 2 रुकावट, बाधा, कठिनाई, **there's is the ~** यहीं तो मुश्किल पेश आती है; यहीं तो सन्देह होता है

rub-a-dub रब्-अ-डब *n* & *vi* (-bb-) ढोल की आवाज़, ढमढम, *vi* ढमढम करना

rubber¹ रबर *n* & *vt* 1 रबड़; ~ **band** रबड़ का छल्ला; ~ **goods** निरोध आदि गर्भनिरोधक उपकरण, ~ **stamp** रबड़ की मोहर, ~**-stamp** *vt* (*fig*) बिना विचार-विमर्श किये स्वीकृति दे देना या अनुमोदन करना [They don't want a judiciary that will ~-stamp everything that the executive wants]; 2 ~**-neck** (U.S.) पर्यटक जो बहुत कुछ देखने के लिए बार-बार इधर-उधर गर्दन मोड़ता रहता है, कुतूहली; *vt* रबड़ चढ़ाना या मढ़ना

rubber² *n* 1 (in *crick*, tennis, whist, etc) लगातार तीन बाज़ियां या मैच [to play a ~]; 2 **the ~** तीन में से दो मैच जीत लेना, जीत, विजय (cf. the **ashes**)

rubbish रबिश *n* & *int* 1 (घर का) कूड़ा-करकट, कचरा, गन्दगी, 2 (of buildings) मलबा, 3 रद्दी या बेकार चीज़ें या माल, 4 बेहूदा या बेतुकी बात, बेहूदा सुझाव, बकवास [to talk ~], 5 ~**-dump** कूड़े-करकट का ढेर, घूर, कतवारखाना ; ~**y** *a* निकम्मा, बेकार, रद्दी

rubble रबल *n* 1 पुराने मकानों के टूटे-फूटे ईंट-पत्थर आदि, मलबा, 2 अनगढ़े पत्थर, रोड़ी, कंकड़ आदि (जिनसे दीवार की दरजें भरी जाती हैं), 3 ~**-work** अनगढ़े पत्थरों की चुनाई, **मोटी** चुनाई; **rubbly** *a* 1 अनगढ़े पत्थर-जैसा, कंकड़-जैसा, 2 कंकड़-भरा

rubefacient रूबि-फ़ेशन्ट *a* & *n* (त्वचा को) लाल कर देने वाली (औषध)

rubefy, rubify रूबिफ़ाइ *vt* (औषध लगा कर त्वचा को) लाल कर देना

Rubicon रूबिकन *n* 1 सीज़र- (Julius Ceasar) शासित प्रदेश की सीमावर्ती नदी का नाम जिसे पार कर के सीज़र ने Pompeii को पराजित करने या मर-मिटने का निश्चय कर लिया था, 2 *fig* वह सीमा जिसे पार करने वाला किसी काम या अभियान के लिए वचनबद्ध हो जाता है; **to cross the ~** अटल निश्चय या संकल्प कर लेना; He took the nation across the ~ उसकी प्रेरणा से राष्ट्र ने अटल संकल्प कर लिया

rubicund रूबिकन्ड *a* (of face, complexion) लाल; (of person) लाल चेहरे वाला, ~**ity** *n* लाली, **सुर्ख़ी**, लालिमा

rubidium रू-बिडिअम *n* चांदी-जैसी सफ़ेद और मुलायम धातु, रुबिडियम

rubiginous रू-बिजिनस *a* जंग के-से रंग का, भूरा-लाल

rubric रूब्रिक *n* 1 (अध्याय आदि का लाल स्याही में लिखा) शीर्षक, सुर्ख़ी, 2 ईसाई उपासना-पुस्तक में उपासना-विधि सूचक निर्देश (जो प्रायः लाल स्याही में छपा होता है), उपासना-निर्देश

rubricate रूब्रिकेट *vt* लाल स्याही में लिखना या छापना

ruby रूबि *n* & *a* & *vt* 1 लाल रंग का रत्न, लाल, माणिक्य, माणिक; पद्मराग, **above rubies** बहुत मूल्यवान्, अमूल्य, 2 गहरा लाल रंग, 3 लाल फुंसी, *a* गहरा लाल [~ lips]; ~ **wedding** विवाह की चालीसवीं वर्ष गांठ, *vt* लाल रंग करना

ruck¹ रक *n* 1 (दौड़ में) पिछड़े हुए प्रतियोगियों की टोली, 2 **the (common) ruck** साधारण जन-समूह, जनसाधारण; तुच्छ वस्तुओं का ढेर

ruck² रक, **ruckle** रकल *n* & *vi* & *t* (कपड़े में) सिलवट या सिकुड़न या शिकन (पड़ना या डालना) [to ~ up bed-sheets etc]

rucksack रक्सैक *n* (यात्री या पर्वतारोही का) दोनों कंधों से लटकाकर पीठ पर डाला हुआ थैला; **झोला**

ruction रक्शन *n* (*colloq*) गड़बड़, हंगामा, हो-हल्ला, झगड़ा [If you address the meeting, there will be ~s]

rudder रडर *n* 1 जहाज़ या विमान के पश्चभाग में लगा तख़्ता जो दिशा बदलने में काम आता है, पतवार, सुक्कान, कर्ण, 2 *fig* मार्गदर्शक सिद्धान्त, नीति, 3 ~**-post** खंभा जिससे पतवार जुड़ी रहती है, पतवार का खंभा, सुक्कान-खंभा; ~**less** *a* बिना पतवार का, पतवार-रहित

ruddiness रडिनिस *n* (of face etc) लाली, लालिमा, सुर्ख़ी

ruddle रडल *n* & *vt* गेरू (वि० वह जिससे भेड़ों पर निशान लगाते हैं), *vt* गेरू से रंगना, गेरू लगाना

ruddy रडि *a* & *vt* & *i* (of face or person) 1 (**स्वास्थ्यसूचक**) लाल रंग का, लाल, गुलाबी, 2 (of light, fire, sky, etc) अरुण, अरुणाभ, लाली लिए हुए, गुलाबी, *vt* & *i* लाल करना या **हो जाना**

rude रूड *a* 1 आदिम, पुराने ढंग का, अनगढ़, मोटा [~ implement, plough], 2 अशिक्षित, असभ्य, जंगली, गंवार, 3 उजड्ड, बदतमीज़, गुस्ताख़, दुर्विनीत, 4 (of words, behaviour) अपमानजनक, बदतमीज़ी का, गुस्ताख़ी का [to say ~ things], **to be ~ to s.o.** का अपमान करना, 5 ~ voice कर्कश स्वर, 6 चौंका देने वाला, भौंचक्का कर देने वाला, भयङ्कर, ज़बरदस्त [a ~ shock], 7 ~ health **बहुत** अच्छा **स्वास्थ्य**, हृष्टपुष्टता, तगड़ापन; ~**ly** *adv* 1 भद्दी तरह से [~ly fashioned], 2 अशिष्टता से, गुस्ताख़ी से [to speak ~ly]; ~**ness** *n* 1 अशिष्टता, गंवारपन, 2 उजड्डपन, बदतमीज़ी, गुस्ताख़ी

rudiment रूडिमन्ट *n* 1 in *pl* मूल सिद्धान्त, मूल तत्त्व, प्रारंभिक ज्ञान [~s of grammar, physics, etc.], 2 in *pl* मूल, आरंभ, आरंभिक अवस्था (जिससे आगे विकास की संभावना हो), 3 *biol* अविकसित या अल्पविकसित अंग [~ of a thumb, wing]; (पुरा काल में विकसित) अंग का अवशेष; **~ary** रूडि-मे'न्ट्रि *a* प्रारंभिक [a ~ knowledge of a subject], अविकसित, अल्पविकसित

rue^{1} रू *vt* 1 पछताना, पश्चात्ताप करना, दुःख होना, खेद या अफ़सोस होना, हाथ मलना [You shall ~ it], 2 कोसना [You shall ~ the day, hour, etc when you refused the offer]

rue^{2} *n* एक सुगंधित सदाबहार झाड़ी (जिसके पत्ते कभी **दवा के काम** में आते थे), ब्राह्मी, ~ oil ब्राह्मी तेल

rueful रूफ़ल *a* पछताता हुआ, अनुतप्त, विषण्ण, उदास, विषादमय; दयनीय; **~ness** *n* पश्चात्ताप, अनुताप, विषाद

rufescent रू-फ़े'संन्ट *a* (*zool* etc) कुछ-कुछ लाल, आरक्त

ruff^{1} रफ़ *n* 1 पक्षी या पशु की गर्दन पर रंगदार पंखों या बालों की गोल रेखा, कंठा, कंठी, 2 एक प्रकार का पालतू कबूतर

ruff^{2} *n* (*fem.* **reeve**) टिटिहरी-जैसा पक्षी

ruff^{3} *n* नदी-तालाब में पाई जाने वाली छोटी मछली

ruff^{4} *n* & *vi* & *t* (cards) तुरुप; *vi* & *t* तुरुप लगाना या चलना, तुरुप से काटना

ruffian रफ़िअन *n* गुंडा, बदमाश, लफ़ंगा; **~ism** *n* गुंडापन, गुंडई, लफ़ंगापन; **~ly** *a* गुंडा-सा [~ly person]; गुंडों-का सा [~ly conduct]

ruffle^{1} रफ़ल *vt* & *i* 1 (कपड़े में) सिलवट या शिकन डालना, 2 (बालों को) बिखरा देना, (पंख) खड़े करना या फड़फड़ाना [The bird ~s up its feathers], 3 लहरें या तरंगें पैदा करना, क्षुब्ध करना [to ~ the surface of the water], 4 (व्यक्ति को) अशान्त करना, क्षुब्ध करना, घबरा देना, परेशान करना [Nothing ever ~d him]; to ~ s.o.'s temper किसी को नाराज़ करना या चिढ़ाना या खिझाना; 5 *vi* (of sea) में लहरें उठना,, क्षुब्ध होना, (of hair) बिखर जाना, (of person) घबरा जाना [He never ~s]

ruffle^{2} *n* 1 अशांति, घबराहट, परेशानी [life without ~], 2 हिलोर, तरंग [~ on the surface of the water], 3 (वस्त्र में कलाई या गरदन या छाती पर की) झालर, 4 (पक्षी का) कंठा, कंठी, 5 *mil* ढमढम

rug रग *n* 1 कंबल, घुस्सा, 2 (floor) **rug** कालीन, ग़लीचा; **to pull the ~ (out) from under s.o.** (*fig*) किसी का सहारा छीन लेना अथवा पर्दा हटा देना

Rugby रग्बि *n* **R~ (football)** फुटबाल का वह खेल जिसमें खिलाड़ी फुटबाल को हाथ से उठा कर भी खेल सकते हैं [cf. Association football. See Association, 5]

rugged रगिड *a* 1 खुरदरा [~ surface, bark], 2 ऊंचा-नीचा, ऊबड़-खाबड़, बीहड़, पथरीला [~ ground, country], 3 संस्कारहीन, अपरिष्कृत, गँवारू, ग्राम्य [~ manners, kindness], 4 कठोर, कर्कश [~ voice], 5 अनगढ़, मोटा-मोटा, बे-डौल [~ features], 6 तंगी या कष्ट या कठिनाई या परेशानी का [~ times, life]; **~ness** *n* 1 खुरदरापन, 2 ऊंचानीचापन, ऊबड़खाबड़पन, 3 गंवारूपन, अक्खड़पन, 4 कर्कशता, 5 अनगढ़पन

rugger रगर *n* (*sl*) = Rugby football

rugose रूगोस *a* (esp *biol*) झुर्रीदार; **rugosity** रूगो'सिटि *n* झुर्रीलापन

ruin^{1} रूइन *n* 1 (of person etc) तबाही, बरबादी, पतन, ध्वंस, नाश, विनाश, to bring s.o. to ~ किसी को बरबाद करना, अकिंचन बना देना, किसी की बरबादी (या सत्यानाश) कर देना; to be, prove, the ~ of s.o. किसी की बरबादी का कारण बनना या (सिद्ध) होना; 2 (of building etc) टूटी-फूटी हालत, जर्जर अवस्था [The building lies in ~s]; 3 (in *sing* or *pl*) खण्डहर, भग्नावशेष [the ~s of Rome, Nalanda, etc; he lives in an old ~]

ruin^{2} *vt* 1 (इमारत को) नष्ट-भ्रष्ट करना, 2 बरबाद करना [The wife's extravagance ~ed him], 3 ख़राब करना, बिगाड़ना, बरबाद करना [to ~ one's new hat, one's health, one's prospects]

ruination रूइ-नेशन *n* तबाही या बरबादी या विनाश या सत्यानाश (का कारण) [It will be the ~ of him]

ruinous रूइनस *a* 1 टूटा-फूटा, जर्जर, 2 विनाशकारी, अनर्थकारी, दुर्भाग्यपूर्ण [~ folly!, बरबाद करने वाला, **बरबादी** लाने वाला [~ expense]

rule^{1} रूल *n* 1 नियम, सिद्धान्त, क़ायदा, तरीका, विधि; **as a (general) ~** प्रायः, साधारणतया, आम तौर से, **standing ~** (सभा आदि **का**) स्थायी नियम; **~ of thumb** अनुभव पर आधारित नियम (जो प्रायः पूरी तरह सही नहीं **होता**), मोटा नियम या कायदा, rules & regulations, नियम और विनिमय, 2 रीति, चलन, रिवाज, प्रथा, 3 (*math*) **rule of three** त्रैराशिक **नियम** i.e. ऐसी चौथी राशि का पता लगाना जिसका तीसरी ज्ञात राशि से वही अनुपात हो जो दूसरी और पहली ज्ञात राशियों के बीच हो, e.g. 2 : 4 : : 8 : 16; 4 (अदालत का) आदेश, व्यवस्था; **rule nisi** सशर्त आदेश (also see nisi); **~ absolute** निरपेक्ष आदेश (जिसमें किसी प्रकार की शर्त नहीं रहती); **5 rule of the road** सड़क पर गाड़ियों आदि के (दायें या बायें) चलने का (देश की प्रथानुसार) नियम, 6 शासन, राज्य, हुकूमत, **~ of law**

विधिसम्मत शासन, 7 (often **foot-~**, 2 ft. ~) लंबाई मापने या रेखाएं खींचने का उपकरण, फ़ुट, चपती, दो-फ़ुटा आदि

rule^{2} *vt & i* **1** शासन करना, राज्य करना [to ~ (over) an empire, a nation], **2** नियन्त्रण करना, वश या काबू में रखना, संयत करना [to ~ one's passions], **3 to ~ the roast** (see roast *n*), **4** (काग़ज़ पर समानान्तर) रेखाएं या लकीरें खींचना, **5** निर्णय करना, व्यवस्था देना, फ़ैसला देना; to ~ sth out of order नियम-विरुद्ध या अवैध ठहराना; **to rule out** (अधिकारपूर्वक) कहना कि ऐसा नहीं होगा, असंभव ठहराना, हटा देना, निकाल देना, छोड़ देना, **6** *vi* (of prices) आम तौर से इतना होना, अमुक स्तर पर होना; the prices are ruling high कीमतें चढ़ी हुई हैं (also see ruling *a*)

ruler रूलर *n* **1** शासक, राजा, नरेश, **2** रूलर, चपटी, पटरी, फ़ुट, दो-फ़ुटा आदि

ruling रूलिङ्ग *n & a* **1** व्यवस्था, फ़ैसला, आदेश, *a* नियन्त्रण करने वाला, ~ **passion** व्यक्ति को प्रेरित करने वाली भावना, प्रेरक भावना; **2** शासन करने वाला, सत्ताधारी [~ party], **3 ~ price** प्रचलित मूल्य, आज का भाव

rum^{1} रम *n* (गन्ने या शीरे से बनी) शराब, रम

rum^{2}, **rummy** *aa* (*sl*) अनोखा, अजीब, निराला [~ customer]

rumble^{1} रम्बल *n & vi* **1** (बिजली की) गड़गड़ाहट, गरज, कड़क, कड़कड़ाहट, (भूकम्प की) गंभीर ध्वनि, गड़गड़ाहट, (भारी छकड़े या ठेले की) चरमराहट, घर्घर शब्द, **2** (पेट में हवा के कारण) गड़गड़ाहट, गुड़गुड़ाहट; *vi* **1** गड़गड़ाना, गरजना, **2** (of cart) चरमराते हुए चलना. **3** *vt* गरज कर कहना [to ~ out]

rumble-tumble रम्बल-टम्बल *n* **1** धीरे-धीरे चलने वाला भारी छकड़ा, **2** विषम गति, भद्दी चाल

rumbling रम्ब्लिङ्ग *n* **1** (बिजली, भूकम्प, या पेट में हवा की) गड़गड़ाहट, **2** (असन्तोष या विरोध-सूचक) बड़बड़ाहट

rumbustious रम्-बस्चस *a* (*colloq*) हल्ला-गुल्ला करने वाला, गुलगपाड़िया

rumen रूमेॅन *n* (रोमन्थकारी पशु का) प्रथम आमाशय

ruminant रूमिनन्ट *a & n* जुगाली करने वाला (जानवर), रोमन्थकारी या रोमन्थी (पशु), *a* (of **person**) विचारशील, मननशील, प्राय: विचारों में डूबा रहने वाला, विचारमग्न

ruminate रूमिनेट **1** *vi* (of cow etc) जुगाली या पागुर करना, **2** *vi & t* चिन्तन करना, मनन करना [to ~ **over, about, on,** sth]; **rumination** *n* **1** जुगाली, पागुर, रोमन्थ, **2** चिन्तन, मनन; **ruminative** *a* चिन्तनशील, मननशील; **ruminator** *n* चिन्तन करने वाला, चिन्तक

rummage^{1} रमिज *vt & i* **1** (स्थान, जेब आदि की) तलाशी लेना, कोना-कोना देखना, छान डालना, छान मारना [to ~ a ship, house, one's pockets, etc], **2** उलट-पलट कर अच्छी तरह देखना [to ~ records, books, etc], **3** (चीज़ों के ढेर से) ढूंढ निकालना [to ~ **out, up,** sth], **4** *vi* अच्छी तरह देखना या टटोलना [to ~ **in** one's pockets], **5** ढूंढना, तलाश करना [to ~ **among** old papers]

rummage^{2} *n* **1** खोज, तलाश [~ among old documents etc]; तलाशी [~ of a ship by Customs officials], **2** तलाशी लेने से मिली चीज़ें, फुटकर माल, **3 ~ sale (i)** बन्दरगाह में मिले लावारिस सामान की बिक्री, (ii) फुटकर माल की बिक्री (=jumble sale *q.v.*)

rummy^{1} रमि *a* (see rum^{2})

rummy^{2} *n* ताश का एक खेल

rumour रूमर *n & vt* अफ़वाह, उड़ती ख़बर, किवदन्ती, *vt* (usu in *pass.*) अफ़वाह फैलाना, ख़बर उड़ाना [it is rumoured that . . .]

rump रम्प *n* **1** (पशु या पक्षी का) पश्चभाग, पुट्ठा, **2** (rarely of person) नितम्ब, चूतड़, **3** *hist* (संसद्, सभा आदि का) बचा-खुचा नगण्य भाग, अवशेष

rumple रम्पल *vt* (कपड़ों, पत्तों आदि में) सिलवटें डालना, शिकन डालना, झुर्री डालना

rumpus रम्पस *n* (*sl*) **1** उपद्रव, हंगामा, हुल्लड़, हो-हल्ला, गुल-गपाड़ा [to kick up, make, a ~], **2** लड़ाई-झगड़ा, तकरार, वाद-विवाद [to have a ~ **with** s.o.]

run^{1} रन *vi & t* (ran, run; running) **I** *vi* **1** तेज़ी से चलना या जाना, दौड़ना, भागना [He ran to **meet** us]; **to run to meet** (one's troubles, etc) कष्टों का सामना करने के लिए पहले से ही तैयार हो जाना; The rules are so clear **that he who ~s may read** नियम इतने स्पष्ट हैं कि तुरन्त समझ में आ जाते हैं; **to ~ (in) a race** दौड़ (-प्रतियोगिता) में भाग लेना; (of fire, news, etc) जल्दी से फैल जाना [The news ran like wild-fire]; to **~ for it** भाग कर जान बचाना; आंधी, वर्षा आदि से बचने के लिए दौड़ना [Now we must run for it!]; **2 to ~ for Parliament, office, etc** चुनाव लड़ना, पद के लिए उम्मीदवार खड़ा होना; **3** (of ship) to ~ before the wind हवा के आगे-आगे जाना; जहाज़ के पीछे हवा का ज़ोर होना, **4** इतनी गति या रफ़्तार से चलना [The train is ~ning at 80 km. an hour]; चलना, आना-जाना [trains ~ning between Delhi & Calcutta]; **5** (कोई विशेषता सब में) विद्यमान होना, विशेषता या स्वभाव होना [**It ~s, in the family, in the blood**]; **6** The picture *or* play has been ~ning for two weeks चल-चित्र, नाटक, दो सप्ताह से चल रहा है, दिखाया जा रहा है; 7 (of liquid) बहना, टपकना, चूना; his nose is ~ning; he is ~ning at the nose उसकी नाक बह रही है; 8 (of river etc) **to ~ dry** सूख जाना, 9 Money ~s **through** his fingers वह बहुत जल्दी रुपया खर्च कर देता है; **10** चर्चा होना, कहा जाना, बताया जाना [So the story ~s]; मतलब या आशय या विषय या विषयवस्तु होना; Thus the letter ~s पत्र में यह या यों लिखा है; **11** (of plant) **to ~ to seed** बीज या दाना पड़ना; **II** *vt* **1** (घोड़ा आदि) दौड़ाना, भगाना, **2** चलाना [We shall ~ an extra train], **3** (चोरी छिपे या अवैध रूप से) लाना, ले जाना, पहुंचाना [They are ~ning liquor, arms, into the country; see also gun-running], **4 to run its course** स्वाभाविक क्रम पूरा करना, Let things run their course (see course^{1}, 3), **5** (शासन, व्यवसाय, संस्था आदि) चलाना [to ~ the govt, the business, a shop, a hotel, etc], प्रबन्ध करना या चलाना [to ~ s.o.'s house], **to ~ the show** कर्ता-धर्ता होना, सारा प्रबन्ध करना, **6** बुख़ार होना [to **run a** (high, low) **temperature**], **7** (उम्मीदवार) खड़ा करना, का **समर्थन** करना [to ~ a **candidate**], He ~s **a chance of being** (elected etc) उसके निर्वाचित होने की संभावना है, **8** घुसाना, घुसेड़ना, भोंकना [to run a sword, knife, through s.o.]; to ~ a thorn into one's finger अपनी उंगली में कांटा लगना या चुभना; **III** *vt* & *i* (with *prepp* & ***advv***) **1** to ~ **about** इधर-उधर दौड़ते फिरना, दौड़-धूप करना; **2** to ~ **across**, (i) (सड़क, मैदान आदि) पार करना; (ii) रास्ते में किसी से अचानक भेंट हो जाना; **3** to ~ **after** पाने की कोशिश या इच्छा **करना**, **4** to ~ **away from** the facts **तथ्यों** की उपेक्षा करना, तथ्यों पर ध्यान देने से इन्कार करना; **5** to ~ **away with** (an idea) बिना विचारे या झट मान लेना, एकाएक **धारणा** बना लेना [Don't ~ away with the idea that . . .], **6** to ~ **down** (i) (of clock) (चाबी न देने के कारण) रुक जाना, बन्द हो जाना; (ii) to ~ s.o. **down** निन्दा करना, बदनामी करना, (iii) (in *pass*) **to be, get, ~ down** कमज़ोर या दुबला हो जाना, **7** to ~ **into** debt ऋणग्रस्त होना; **to ~ into difficulties** कठिनाई में फंस जाना, कठिनाई पैदा होना [His efforts to bring about peace have run into difficulties]: to ~ **into sth** (*of vehicle*, *train*, etc) **से** टकरा जाना; **to ~ into s.o.** किसी से टकरा जाना; अचानक मिल जाना या मुलाक़ात होना; इतनी संख्या या इतना परिमाण हो जाना; His income ~s **into** thousands उसकी आय हज़ारों तक पहुंच गई है; The book has ~ **into** five editions पुस्तक के पांच संस्करण छप चुके हैं, **8** to ~ **on** (i) चलते-चलना, दौड़ते जाना; जारी रखना, (ii) नया पैरा न बनाना; **9** (*of period of* time; *of supplies* etc) to ~ **out** समाप्त होना, ख़तम होना [Time is ~ning out for the evacuation of the marooned people]; We ran out of food हमारी खाद्य-सामग्री ख़तम हो गई; [He is ~ning out of patience; His patience is ~ning out]; (*colloq*) His sands are ~ning out उसकी अन्तिम घड़ी निकट आ रही है (also see sand), **10** (*cricket*) **to be ~ out** (विपक्षी द्वारा विकिट पर गेंद लगने से) दौड़ बनाते समय खिलाड़ी का आउट हो जाना; **11** to ~ **over** सरसरी नज़र से देखना या पढ़ जाना [to ~ over a document]; (घटनाओं या इतिहास का) सिंहावलोकन करना; (of vehicle) के ऊपर से निकल जाना, (usu in *pass*) **He was ~ over** वह गाड़ी के नीचे आ गया या नीचे आकर कुचला गया; **12** to ~ **through** सरसरी नज़र से देखना या पढ़ना [to ~ through a document]; धन-संपत्ति जल्दी बरबाद कर देना, उड़ा देना [to ~ through a fortune]; **13** (of water etc) **to ~ to waste** बेकार बहते रहना, ज़ाया होना; **14** to ~ **up against** (difficulties etc) से दो चार होना, सामना होना; **15** (of prices, number, debt) to ~ **up to** तक बढ़ जाना; तक पहुंच जाना

run^{2} *n* **1** दौड़, भाग-दौड़, *crick* दोनों बल्लेबाज़ों द्वारा दौड़ कर मैदान पार करना, रन; **on the ~** दौड़ता या भागता हुआ; (*mil*) to keep the enemy **on the ~** भागते हुए शत्रु-दल को तनिक विश्राम न करने देना, **2** यात्रा [The ship has had a good ~]; *colloq* विनोद-यात्रा, सैर-सपाटा; **to have a (good) ~ for one's money** पैसा ख़र्च कर कुछ मनोविनोद कर पाना; **3** क्रम, सिलसिला, **तांता**; a run of luck एक के बाद एक कई शुभ बातें होना; a run of misfortune मुसीबत पर मुसीबत आना; **4** अवधि, a long ~ of power *or* office बहुत समय तक शासन करते रहना, पद पर रहना; (of fashion, picture, etc) बहुत दिनों तक चलना; **5 in the long ~** अन्ततोगत्वा, आख़िरकार, अन्त में; **6 ~ on** एकदम बहुत लोगों द्वारा मांग; There is a **run on the bank** बैंक से रुपया निकलवाने वालों की भीड़ लग गई है; This book has a considerable ~ इस **पुस्तक की** बहुत मांग है; पुस्तक बहुत बिकती है; **7 साधारण** स्तर या वर्ग या श्रेणी, औसत, **the common** *or* **general** *or* **ordinary run of people** जन-साधारण, आम लोग; **(far) above the common run** आम लोगों से (कहीं) अच्छा, **8** निःशुल्क या बे-रोक टोक इस्तेमाल करने की इजाज़त या अनुमति या छूट [to allow s.o. the ~ of one's library, house, etc]; 9 *mus* बंधे हुए बोल, गत, 10 **sheep-run** भेड़ों का चरागाह, 11 **run-off** (दो प्रतियोगियों के बराबर आने पर हार-जीत का निर्णय करने के लिए) अन्तिम या निर्णायक दौड़

runabout रन-बाउट *n* & *a* छोटी हल्की मोटर-गाड़ी; हल्का विमान; *a* सैलानी, घुमक्कड़

runaway रन-वे *n* & *a* भगोड़ा; *a* 1 सैलानी, घुमक्कड़, 2 भागा हुआ [~ horse, slave]; 3 ~ **inflation** बेहद बढ़ी हुई महंगाई या मुद्रास्फीति, 4 **runaway match** *or* **marriage** घर से भाग कर किया गया विवाह, पलायन-विवाह

rune रून *n* 1 प्राचीन टयूटानिक (see Teutonic) वर्णमाला का कोई अक्षर, रून, 2 (रून से मिलता-जुलता) जादुई या आभिचारिक या रहस्यमय चिन्ह

runic रूनिक *a* & *n* (see rune) रून का, रून (-चिन्ह) युक्त; *n* रूनिक वर्णमाला में शिलालेख

rung रङ्ग *n* 1 (सीढ़ी का) डंडा, (कुर्सी का) डंडा 2 (*fig*) the lowest, the topmost, ~ of the ladder निम्नतम, उच्चतम, पद या दर्जा

runlet रन्लिट *n* छोटी नदी

runnel रनल *n* 1 छोटी नदी, नाला; 2 मोरी, नाबदान

runner रनर *n* 1 दौड़ने वाला, दौड़ में भाग लेने वाला, धावक, 2 (बैंक आदि के काम पर) इधर-उधर जाने वाला आदमी, कारिन्दा, दूत, सन्देशवाहक, हरकारा, प्यादा, 3 (चक्की का) घूमने वाला पाट, 4 स्लेज (sledge) गाड़ी चलाने के लिए बेलनाकार लट्ठों में से एक, रोलर; 5 निषिद्ध माल लाने-ले-जाने वाला, तस्कर-व्यापारी [gun-~], blockade-~ (see blockade); 6 **runner-up** दूसरे नम्बर पर आने वाला धावक या प्रतियोगी; **the ~s-up** दूसरे नम्बर पर आने वाली टीम

running रनिङ्ग *n* & *a* 1 दौड़, धावन, दौड़ना; **to make, take up, the ~** दौड़ में सबसे आगे होना; *fig* बातचीत में मुख्य भाग लेना; (of competitor) to be **in the ~** जीतने की संभावना होना; to be **out of the ~** जीतने की कोई संभावना न होना; 2 (of machine) काम करना, चालू होना; **in ~ order** काम करने लायक, चालू; 3 निषिद्ध-व्यापार, तस्कर-व्यापार [**gun-~**]; *a* 1 बहता हुआ [~ **water**]; 2 ~ **account** चालू खाता (also current account), 3 जिससे मवाद निकल रहा हो [~ **sore**], 4 साथ-साथ चलने वाला; ~ **commentary** खेल या समारोह के साथ-साथ उसका वर्णन या प्रसारण, (तत्काल) धारावाही वर्णन, आंखों-देखा हाल; ~ **mate** (U.S.) चुनाव का साथी (*e.g.* a candidate for vice-presidency), 5 to keep up a ~ **fight** (i) पीछे हटते हुए भी लड़ते रहना; (ii) *Navy* भागते हुए शत्रु पर हमला करते रहना, 6 (following *pl.*) निरन्तर, लगातार [There have been demonstrations in the capital **for three days ~**, *or* **for the third day ~**]

runt रन्ट *n* 1 (वि० स्काटलैंड की) नाटी (जाति की) गाय या बैल, 2 पालतू बड़ा कबूतर; 3 छोटा सूअर, 4 दुर्बल या नाटा आदमी

runway रन्वे *n* 1 पक्का मैदान जहां विमान उड़ने से पहले दौड़ते हैं तथा जहां उतरते हैं, धावन-पथ, उड़ान-पथ, अवतरण-पथ, to overshoot the ~ अवतरण-पथ से आगे निकल जाना (और कच्ची भूमि पर उतरना), 2 (कटे हुए पेड़ों या लट्ठों को पहाड़ी पर से लुढ़काने की) ढाल, 3 (पशुओं के पानी पीने के जलाशय तक जाने की) पगडन्डी

rupee रूपि *n* भारत, नेपाल, श्रीलङ्का, पाकिस्तान, मारिशस आदि का सिक्का, रुपया

rupture रप्चर *n* & *vt* & *i* 1 (मतभेद होने पर) संबंध-विच्छेद, अनबन, फूट, 2 *med* (i) रग या नस का फटना, (ii) हर्निया, 3 फटन, दरार, छिद्र; *vt* & *i* 1 फाड़ना या फटना, फोड़ना या फूटना, तड़काना या तड़कना, चटकाना या चटकना, तोड़ना या टूटना [to ~ a ligament], 2 भंग करना, संबंध-विच्छेद करना [to ~ a marriage, connection, etc]; **~d** *a* 1 टूटा हुआ, फूटा हुआ, फटा हुआ, भग्न, 2 (of person) हर्निया-ग्रस्त

rural रुअ-रल *a* 1 गांव का, देहात का, देहाती, ग्रामीण, ग्राम्य (opp. urban), 2 कृषि-संबंधी, ~ occupations खेती तथा पशु चराने का काम

ruse रूज *n* छल, कपट, धोखा, चाल, चालाकी, ढोंग, बहाना

rush^1 रश *n* 1 कुर्सियों के तले या चटाइयां आदि बनाने में काम आने वाला बेंत-जैसा पौधा, नरकट सरपत, सरकंडा, 2 तुच्छ या निकम्मी वस्तु, 3 ~ **candle** सरकंडे के गूदे पर चर्बी लगा कर बनाई हुई मोमबत्ती, **~light** = ~candle, (*fig*) बुद्धि-मत्ता की तनिक झलक; तनिक सूचना या ख़बर

rush^2 *vi* & *t* 1 जल्दी से आगे बढ़ना, दौड़ना, भागना, लपकना, 2 **to ~ in where angels fear to tread** ख़तरे का ख्याल किये बिना काम में कूद पड़ना; **to rush to conclusions** बिना विचारे निष्कर्ष निकालना; 3 to ~ thorugh one's prayers etc झटपट उपासना निपटा लेना, 4 to ~ **at, on,** s.o. झपटना, टूट पड़ना, पिल पड़ना; **to ~ into print** बिना सोचे-विचारे समाचार, लेख, पुस्तक आदि छपवा देना, 5 *vt* जल्दी से ले जाना या पहुंचाना [He was ~ed to hospital], 6 to ~ a bill **through** (the House) जल्दी-जल्दी बिल पास करवाना; 7 **to ~ sth through** बड़ी तेजी से (कोई काम) करना, 8 **to ~ s.o. off his feet** किसी को (सोचने का समय दिये बिना) झटपट काम करने पर मजबूर करना; 9 (*mil*) to ~ a position अचानक धावा बोल कर मोर्चा जीत लेना; भीड़ द्वारा भाषण-मच पर कब्जा कर लेना [to ~ the platform], **10 to ~ s.o. (for sth)** (*sl*) गाहक से (चीज की) बहुत ज़्यादा कीमत लेना

rush³ *n* 1 तेज़ दौड़, लपक [There was a ~ to the doors], 2 भीड़-भाड़, भीड़-भड़क्का, रेल-पेल, धकपेल, धक्कम-धक्का [the ~ at the platform]; 3 उतावली, हड़बड़ी, अशांति, घबराहट [the ~ of modern life], 4 भारी मांग, एक साथ बहुत लोगों द्वारा मांग [the ~ for kerosene etc], 5 वेग, तीव्र प्रवाह [the ~ of the tide], 6 अधिकता, बाहुल्य, ज़ोर [a great ~ of business], 7 the **rush-hour** अधिकतम यातायात या काम का समय, व्यस्ततम समय, 8 **rush-work** बहुत जल्दी का काम, (औरों से पहले करने का) बहुत जरूरी काम, झटपट निपटाया गया काम

rusk रस्क *n* डबल-रोटी का दुबारा सेंका हुआ टुकड़ा, रस्क, रस

russet रसिट *n* & *a* 1 (*hist*) किसानों के पहनने का भूरे या सलेटी रंग का मोटा कपड़ा; 2 गेरुआ रंग, 3 एक प्रकार का मटमैला सेब; *a* लाल-भूरा, गेरुआ

Russian रशन *n* & *a* रूसी (व्यक्ति या भाषा); *a* रूस का, रूसी

rust¹ रस्ट *n* 1 ज़ंग, मोर्चा, 2 *fig* अप्रयोग के कारण ख़राब हालत, निष्क्रियता, अकर्मण्यता, आलस्य, 3 *bot* रतुआ, फफूंदी, किट्ट, 4 (esp of chrome steel) **~-proof** (i) जिसे ज़ंग न लगे, ज़ंग-रोक (also **~less**), (ii) जिसे रतुआ या फफूंदी न लगे, रतुआ-रोधी (also **~-resistant**), 5 **~less** ज़ंग-रोक; ज़ंगरहित

rust² *vi* & *t* 1 ज़ंग या मोर्चा लगना; 2 *fig* निष्क्रिय रहने से कार्यकुशल या काम के लायक न रहना, बेकार हो जाना [Better wear out than ~ out]; 3 *vt* ज़ंग लगाना, *fig* बेकार कर देना [Idleness ~s the mind]

rustic रस्टिक *a* & *n* 1 देहाती, गँवार, ग्रामीण, 2 अनपढ़, अशिष्ट, असभ्य, गँवारू, 3 जो कारीगरी से न बनाया गया हो, अनगढ़, भद्दा, बेडौल, **~ seat, bench, work, etc** पेड़ की अनगढ़ डाल या खुरदरी लकड़ी से बनी चौकी, बेंच आदि, *n* ग्रामवासी, देहाती; **~ity** *n* देहातीपन; गँवारूपन

rusticate रस्टिकेट *vi* & *t* 1 देहात में बस जाना, ग्राम्य जीवन बिताना, 2 *vt* (छात्र को) कुछ समय के लिए निकाल देना; **rustication** *n* 1 ग्रामवास, 2 (छात्र का) निष्कासन, निकाल दिया जाना

rustle रसल *vi* & *t* & *n* 1 (of leaves, paper etc) मर्मर-ध्वनि करना, सरसराना, खड़खड़ाना, 2 (of wind) सांय-सांय करना, 3 *colloq* तेज़ी से आगे बढ़ना; 4 (गाय-बैल, घोड़े आदि) चुराना, 5 *vt* (वस्तु को हिला कर) खड़खड़ाहट करना, खड़खड़ाना

rusty रस्टि *a* 1 ज़ंग-लगा, मोर्चा खाया हुआ, 2 (of plant) रतुआ-लगा, फफूंदीदार, 3 *fig* पुराना-धुराना, पुराने ढंग का [His English is a little ~], 4 ज़ंग के रंग का, 5 (of voice) कर्कश, फटा हुआ

rut¹ रट *n* & *vt* (-tt-) 1 पहिये के चलने से बनी गहरी रेखा, लीक, 2 *fig* लीक, पुरानी चली आई पद्धति, पुराना रिवाज; नित्यचर्या to move in a ~ पुराने ढर्रे पर चलना; **to get into a ~** नीरस नित्यचर्या में फंसा होना या फंसना, **to get out of the ~** स्वतन्त्र या नये ढंग से काम करना या सोचना; *vt* लीक डालना (usu in *pp*) [a ~ted village road]

rut² *n* & *vi* (-tt-) (हिरन, बकरे आदि की नियतकालिक) मैथुनेच्छा, मस्ती, मद, मद-काल; *vi* मैथुनेच्छा होना, मस्ताना; **~tish** *a* कामोन्मत्त

ruth रूथ *n* (*arch*) दया, करुणा, सहानुभूति; **ruthless** *a* निर्दय, निष्ठुर, क्रूर, कठोर-हृदय; **~-ness** *n* निर्दयता, निष्ठुरता, क्रूरता

rutty रटि *a* (of path) जिस पर पहियों की लीकें पड़ गई हों, लीकदार

rye राइ *n* उत्तरी यूरोप का अनाज-विशेष, राई [~-bread, ~ whisky]

rye-grass राइ-ग्रास *n* चारे के काम में आने वाली घास-विशेष

ryot राइअट *n* (भारतीय) किसान, रैयत

Ss

S, s ऍस, अंग्रेज़ी वर्णमाला का उन्नीसवां वर्ण; *abbrs*: (1) S=saint (S. John), *pl* SS (saints); **S.P.Q.R.** (small profits & quick returns) थोड़ा नफ़ा और जल्दी बिक्री; **S.S.** (steamship), **S. caps** (small capitals), **SOS** (see in dict); **sup** (=supra, ऊपर या पहले देखिए); **syn** (synonym); *abbrs*: (2) **S.A.L.T.** (Strategic Arms Limitation Talks) अति विनाशक-अस्त्र-परिसीमन-वार्ता; **S.A.M.** (surface-to-air missile) धरती से आकाश में मार करने

वाला प्रक्षेपास्त्र, भू-व्योम प्रक्षेपास्त्र; **S.D.I.** (strategic defence initiative=star wars programme. See under 'star') सामरिक प्रतिरक्षा कार्यक्रम, **S.E.A.T.O.** (South East Asia Treaty Organization) दक्षिण-पूर्वी एशिया संधि संगठन; **SHAPE** (शेप)=Supreme Headquarters Allied Powers Europe यूरोप में मित्रराष्ट्र-प्रधान कार्यालय; **S.T.C.** (State Trading Corporation) राजकीय व्यापार-निगम; **S.T.D.** (Subscriber Trunk Dialling) उपभोक्ता नगरेतर-भाष

's *colloq* for is (he's); **has** (he's done it); **us** in let us (let's go)

Sabaism सेब-इज़म *n* (प्राचीन अरब में) तारों की पूजा, नक्षत्रपूजा

Sabbatarian सैब-टेॅअरिअन *n* (see foll) विश्राम-दिवस **मनाने वाला** यहूदी; रविवार (क्वचित् शनिवार) को विश्राम-दिवस मनाने वाला ईसाई

sabbath सैबथ **1** ~ **(day)** सप्ताह का सातवां दिन जो कि यहूदियों के लिए विश्राम-दिवस नियत है; (इसाइयों के लिए) रविवार, (कइयों के लिए) शनिवार, **2** आराम या छुट्टी का दिन, विश्राम-काल; **3** **(Witches')** ~ शैतान और डाइनों की रात्रिकालीन सभा

sabbatic(al) स-बैटिक(ल) *aa* **1** विश्राम-दिवस का; **विश्राम-दिवस** के लिए उपयुक्त, **2** sabbatical year (i) यहूदी कैलेंडर का हर सातवां वर्ष जब वे लोग खेती नहीं करते थे और ऋणियों तथा गुलामों को मुक्त कर देते थे; (ii) (प्राध्यापकों को अध्ययन अथवा यात्रा के निमित्त) वर्ष भर की छुट्टी

sabbatize,-ise सैब-टाइज़ *vi* & *t* **1** विश्राम-दिवस मनाना, **2** *vt* (किसी दिन) विश्राम करना, छुट्टी मनाना

sable^1 सेब्ल *n* **1** उत्तर-ध्रुव के निकट पाया जाने वाला ऊदबिलाव-जैसा जन्तु, **2** इस का समूर; **3** समूर का बना बुरुश

sable^2 *n* & *a* **1** काला रंग, **2** in *pl* मातमी लिबास; *a* (*poet*, *rhet*) (of sky, night, fate, etc) काला, श्याम; शोकमग्न; भयानक, भीषण

sabot सैबो *n* **1** (फ्रांस के निम्न वर्ग के पहनने का) काठ का जूता, **2** काठ के तले वाला जूता, **3** *mil* प्रक्षेपास्त्र के पश्चभाग में लगा धातु का चक्कर आदि

sabotage सैबटाश्ज़ *n* & *vt* (शरारत से की गई) तोड़-फ़ोड़, (जान-बूझकर पहुंचाई गई) क्षति; शरारत [acts of ~]; *vt* **1** (यन्त्र आदि) ख़राब करना, तोड़-फोड़ करना, **2** काम बनने न देना, काम बिगाड़ देना, चलने न देना, बेकार कर देना [to ~ a plan, project, etc]

saboteur सैब-टर *n* तोड़-फोड़ करने वाला, ध्वंसकर्ता

sabre^1 सेबर *n* **1** (घुड़सवार सैनिकों की) वक्र तलवार, खड्ग, **~-cut** तलवार का वार; वार का घाव; घाव का निशान, **2** **~-rattler** धौंस जमाने वाला, धमकियां देने वाला, **3** **sabre-rattling** (i) डींग, शेखी, धौंस, (ii) युद्ध की धमकियां; सैनिक शक्ति का प्रदर्शन

sabre^2 *vt* तलवार से काट डालना या घायल करना, पर तलवार का वार करना

sabretache सैबर्टैश *n* (सैनिक का) कमर से लटकाने का थैला, झोला

sabulous सैब्युलस *a* (*med*) (of secretions esp in urinary organs) दानेदार, कणमय

sac सैक *n* (प्राणी या पौधे में) झिल्लीदार थैली, कोश, कोष

sacchariferous सैक-रिफ़रस *a* शक्कर-मिला, शर्करामय

saccharin सैकरिन *n* तारकोल से प्राप्त होने वाला अत्यन्त मीठा पदार्थ, सैकरीन

saccharine सैकरीन *a* जिसमें शक्कर हो, शर्करामय; बहुत मीठा

sacciform सैक्सिफ़ॉर्म *a* थैली के आकार का, कोषाकार

saccular सैक्युलर *n* (f. foll) कोषाकार, थैलारूप

saccule सैक्यूल *n* छोटी थैली, लघु कोष, कोषक

sacerdotal सैसर्-डोटल *n* **1** पादरी या पुरोहित का, पुरोहिती, याजकीय [~ functions], **2** (of doctrines etc) पादरियों या पुरोहितों को अलौकिक शक्तिसंपन्न मानने का या उन्हें सर्वोपरि मान्यता देने का, पुरोहितवादी; **~ism** *n* **1** पुरोहिताई, पौरोहित्य, पुरोहित-पद्धति, **2** पुरोहितों में आस्था; पुरोहितों की मान्यता (का सिद्धान्त), पुरोहितवाद

sachem सेचम *n* **1** अमरीकी-इंडियन कबीले का मुखिया, **2** बड़ा आदमी

sachet F सैशे *n* (कपड़ों में रखने के लिए) सुगंध आदि की छोटी थैली या डिबिया

sack^1 सैक *n* & *vt* **1** बोरा, बोरी [~ of coal, corn, potatoes, etc]; **2** **to give s.o. the** ~ नौकरी से निकाल देना, पदच्युत करना, बरख़ास्त करना; **to get the** ~ निकाल दिया जाना, पदच्युत होना, **3** **sackcloth** सैक्क्लॉथ, *n* **1** सन का कपड़ा, टाट, **2** *fig* शोक मनाने या प्रायश्चित्त करने का पहनावा; **in ~ and ashes** टाट पहने और भस्म रमाए; शोकमग्न; पश्चात्ताप करता हुआ; **~-race** पांव से गले तक का बोरा पहन कर दौड़ना, बोरा-दौड़ (-प्रतियोगिता); *vt* **1** बोरों में भरना, **2** *colloq* पदच्युत करना, **3** (प्रतियोगिता में) हराना

sack^2 *vt* & *n* **1** (विजयी सेना का विजित नगर को) लूटना, लूट-मार करना, **2** (of burglars etc) कीमती वस्तुएं चुरा या उठा ले जाना; *n* लूट-मार, लूट-पाट [~ of Delhi]

sack^3 *n* (*hist*) कई प्रकार की सफ़ेद शराब

sacking सैकिङ्ग *n* = sackcloth, 1

sacral सेक्रल *a* **1** *anat* त्रिकास्थिका, त्रिक- (see sacrum), **2** पवित्र संस्कार-संबंधी

sacrament सैक्रमन्ट *n* **1** धार्मिक अनुष्ठान, संस्कार; ईसाइयों के सात संस्कार हैं:—baptism, confirmation, the Eucharist, penance, extreme **unction**, orders, and matrimony (*q.v.*); **2 the Blessed** *or* **Holy S∼** = Eucharist; (इस अवसर पर मिलने वाला) प्रसाद, **3** पवित्र जन्तर-मन्तर, मन्त्र; **4** प्रतिज्ञा, प्रण, शपथ; *vt* (esp in *pp*) ∼ed *a* **शपथ द्वारा वचनबद्ध**

sacramental सैक्र-मेॅन्टल *a* & *n* धार्मिक (विधि के अनुसार), सस्कारपूर्वक, सांस्कारिक [∼ marriage], *n* (see prec) सात संस्कारों से भिन्न संस्कार, उपसंस्कार, संस्कारकल्प [*e.g.* use of holy water or sign of the cross]; ∼ist *n* संस्कार करने-कराने में विश्वास रखने वाला, संस्कारवादी, संस्कारनिष्ठ

sacramentarian सैक्र-मन्टेॅअ-रिअन *a* & *n* संस्कारवादी

sacrarium सक्-रेॅअ-रिअम *n* (*pl* -ia) **1** *Rom ant* मन्दिर (का अन्तरतम भाग), (मन्दिर का) गर्भ-गृह, गर्भभवन, **2** (गिरजे में) वेदी के जगले से घिरा स्थान

sacred सेक्रिड *a* **1** पवित्र, पावन, पुण्य [∼ water], ∼ place तीर्थ (-स्थान), ∼ thread **यज्ञोपवीत**, जनेऊ; **2** धार्मिक, पवित्र [∼ book, duty, etc]; **S∼ Heart** ईसा का हृदय, ∼ music भजन-कीर्तन, **3** (धार्मिक भावना से या देवता को) समर्पित, (देवता को) प्रिय [∼ to a deity], **4** sacred to the memory of की पुण्य स्मृति में निर्मित, की पुण्य स्मृति के निमित्त, **5** पूज्य, पूजार्ह, महानुभाव; **sacred cow** (*fig*) (प्रथा या संस्था आदि) जिसकी निन्दा-आलोचना वर्जित हो, टीका-टिप्पणी से परे; ∼**ness** *n* पवित्रता; धार्मिकता

sacrifice¹ सैक्रिफ़ाइस *n* **1** पशु-बलि, नर-बलि, बलिदान, कुर्बानी, **2** बलि (का पशु या मनुष्य); **3** यज्ञ, याग, होम, **4** त्याग [the ∼ of one's principles, studies, etc], **5** हानि, कुर्बानी [succeeded at the ∼ of his health], **6** घाटा, हानि, नुकसान [to sell at a ∼]

sacrifice² *vt* **1** बलि देना या चढ़ाना [to ∼ an animal], **2** बलि चढ़ाना, बलिदान करना, निछावर करना [to ∼ oneself for a cause etc], **3** त्याग करना; त्याग देना, तिलांजलि देना, छोड़ देना [cannot ∼ my principles]; अपेक्षाकृत कम महत्त्व देना [to ∼ accuracy to intelligibility], **4** घाटे पर बेचना

sacrificial सैक्रि-फ़िशल *a* बलि का, कुर्बानी का, यज्ञ का, मेध्य [the ∼ horse etc]

sacrilege सैक्रिलिज *n* (धार्मिक स्थान, मूर्ति आदि का) अपवित्र करना, नापाक करना, अपवित्रीकरण, (सन्त-महात्मा, पूज्य व्यक्ति का) घोर अपमान

sacrilegious सैक्रि-लिजस *a* अपवित्रकारी, अपमानकारी; अधार्मिक, धर्मनिन्दक

sacrist सेक्रिस्ट *n* मन्दिर या गिरजे के (यज्ञ-) पात्रों या पूजासामग्री का रखवाला, देवसेवक, गिरजादार

sacristan सैक्रिस्टन *n* = prec.

sacristy सैक्रिस्टि *n* गिरजे के पात्र या वस्त्र आदि रखने का कमरा, भंडार, पूजा सामग्री-गृह

sacrosanct सैक्रोसैङ्क्ट *a* **1** (of person, place) परम पवित्र, परम पूज्य, परममाननीय, जिसका अपमान या अपवित्रीकरण कदापि न होना चाहिए, **2** (of law) परम मान्य अनुल्लंघनीय, ∼ privilege अनुल्लघनीय विशेषाधिकार

sacrum सेक्रम *n* वस्ति-प्रदेश के पश्च की तिकोनी हड्डी, त्रिक, त्रिकास्थि

sad सैड *a* **1** दुःखी, शोकमग्न, खिन्न, उदास; **a sadder and a wiser man** (i) जिसे मुसीबतों ने समझदार बना दिया हो; (ii *iron*) कटु अनुभव ने जिसकी आंखें खोल दी हों; **2** दुःखद, शोकजनक, अशुभ [∼ news, event]; **3** शोचनीय [a ∼ mistake]; बहुत बुरा; **sad-iron** (बाहर से गरम की जाने वाली) इस्तरी; ∼**ly** *adv* **1** दुःखपूर्वक, **2** अत्यन्त, बिल्कुल [You are ∼ly mistaken]; ∼**ness** *n* शोक, उदासी

sadden सैडन *vt* & *i* दुःखी या उदास करना या होना

saddle¹ सैडल *n* **1** (घोड़े आदि की) काठी, जीन, चारजामा; (ऊँट का) कजावा, **2** (साइकिल की) गद्दी, **3 in the saddle** (i) सवार, (ii) पदारूढ़, शासन संभाले हुए; **4** काठी के आकार की चीज, *e.g.* पहाड़ की दो चोटियों के बीच की नीची जगह (=col); **5** *comb*: ∼**-back** (i) काठी-जैसी छत (जिसके दो सिरों पर छत तिकोनी होती है), (ii) बीच में से झुका हुआ पर्वत, अवतल पर्वत; ∼**-backed** *a* अवतल; ∼**-bag** घोड़े आदि पर सामान रखने का थैला, खुरजी; ∼**-cloth** (काठी के नीचे रखने का) नमदा; ∼**-horse** सवारी का घोड़ा

saddle² *vt* **1** (घोड़े आदि पर) जीन बांधना, काठी रखना, **2** (व्यक्ति पर) ज़िम्मेवारी डालना, (भारी काम) सौंपना [to ∼ s.o. **with** sth], **3** लादना, बोझ डालना [∼d **with** a tax]

saddler सैड्लर *n* काठी या जीन आदि बनाने या बेचने वाला, ज़ीनसाज़; ∼**y** *n* ज़ीनसाज़ी

Sadducee सैड्यूसी *n* ईसा-कालीन यहूदी संप्रदाय-विशेष का व्यक्ति जो मुर्दों के पुनर्जीवित होने आदि में विश्वास नहीं रखता था (see resurrection); सदूसी

sadism सेडिज़म *n* काम-विकार जिसके कारण व्यक्ति क्रूरता बरतता है या क्रूरता देख कर खुश होता है; परपीड़नप्रियता, परपीड़नरति, उत्पीड़न-प्रियता

sadist सेडिस्ट *n* (see prec) परपीड़नप्रिय, उत्पीड़नप्रिय; ~**ic सडिस्टिक** *a* परपीड़नात्मक, उत्पीड़नात्मक

safari सफ़ारि *n* 1 शिकार(-यात्रा), मृगया, आखेट, 2 खिलाड़ियों, शिकारियों आदि का दल, कारवाँ [Swahili f. Arab सफ़र]

safe^{1} सेफ़ *n* 1 तिजोरी, 2 (खाने-पीने के सामान की) **जालीदार अलमारी** (also meat-~), 3 ~**-breaker, ~-cracker** तिजोरी तोड़ने वाला चोर, तिजोरी-तोड़

safe^{2} *a* 1 **ठीक-ठाक** भला-चंगा, सही-सलामत [to come, arrive, bring, **safe**]; ~ **and sound** सही-सलामत; सकुशल, 2 सुरक्षित [Put it in a ~ place; I feel ~ now]; जिसमें ख़तरा न हो, ख़तरे से ख़ाली, निरापद [It is not ~ to leave him alone]; 3 **it is ~ to say that . . .** इस में अत्युक्ति या झूठ नहीं है कि . . ., यह बिल्कुल ठीक है कि . . .; 4 **to be on the ~ side** ग़लती या ख़तरे से बचना, निश्चित या पक्का करना, 5 अपना बचाव करने वाला, सावधान, सतर्क समझदार [a ~ critic, statesman, etc]; 6 ~ **conduct** (यात्रा के दौरान) गिरफ़्तार न करने और ख़तरे से बचाने का वचन, निरापद यात्रा का वचन; अभय वचन; अभयवचन का प्रमाण-पत्र, अभयपत्र; 7 ~ **custody,** ~ **keeping** सुरक्षित रखना, सुरक्षण, सुरक्षा [She left the valuables in the bank for ~ keeping]; ~ **deposit** बैंक आदि में वह सुरक्षित कक्ष जिसमें लोगों को अलग-अलग तिजोरियां किराये पर दी जाती हैं, सुरक्षाकक्ष, सुरक्षागार; ~**ly** *adv* कुशलपूर्वक, सकुशल

safeguard^{1} सेफ़्गार्ड *n* & *vt* 1 = safe conduct (see prec. 6), 2 हानि या अहित से बचाने के लिए शर्तें, हितों की रक्षा की शर्तें या प्रबंध, सुरक्षा की शर्तें, सुरक्षोपाय, सुरक्षण; संरक्षण [to obtain ~s]; *vt* सुरक्षित करना या करवाना, सुरक्षा का वचन देना या प्राप्त करना [to ~ one's interests]

safeness सेफ़्निस *n* ख़तरे का अभाव, ~ **of the bridge** पुल के टूटने का डर न होना, पुल की मज़बूती

safety सेफ़्टि *n* 1 (व्यक्ति का) कुशल, क्षेम, ख़ैरियत, सलामती, 2 रक्षा, सुरक्षा, बचाव [a place of ~], 3 ख़तरे का अभाव, निरापदता [Ensure the ~ of the **experiment**], **to play for ~** खेल में हार से बचने का यत्न करना; *fig* हानि से बचना, 4 **S~ first!** बचाव पहले! ख़तरे से बचो! सावधानी बरतो! 5 *comb*: ~**-belt** (विमान या मोटर यात्री के लिए) सुरक्षा-पेटी, ~ **factor, factor of ~** ख़तरे या हानि से बचाव की जितनी संभावना या प्रत्याशा हो, सुरक्षा की प्रत्याशा, ~ **lamp** निरापद दीप (जिससे खान में आग ने का डर नहीं होता); निरापद लंप या लालटेन; ~ **match** निरापद दियासलाई (जो डिबिया पर रगड़ने से ही जलती है); ~**-valve** (बायलर का) सुरक्षा-वाल्व (जो भाप का दबाव बढ़ने पर अपने आप खुल जाता है; *fig* क्षोभ व्यक्त करने का निरापद साधन; **to sit on the ~ valve** जनता की राय व्यक्त न होने देना, अख़बारों का मुंह बंद कर देना, दमन करना, ~ **zone** सुरक्षित क्षेत्र

safflower सैफ़्लाउअर *n* 1 लाल रंग के फूलों वाला पौधा-विशेष; इसका फूल, कुसुंभ, कुसुम; 2 कुसुंभ की सुखाई हुई पंखुड़ियां, 3 इन से बना लाल रंग, कुसुंभी रंग, 4 ~ **oil कुसुंभ-तेल**

saffron सैफ़्रन *n* & *a* 1 केसर का पौधा, 2 केसर, कुंकुम, ज़ाफ़रान, 3 केसरिया रंग, *a* केसरिया

sag सैग *vi* & *t* (-gg-) & *n* 1 (of roof etc) बैठ जाना, दब जाना, धसकना; धसकाना, 2 (of gate, bridge, etc) एक तरफ़ झुक जाना या झुका होना, 3 (of beam etc) बीच में से झुक जाना या झुकाना, 4 (of cable, rope) ढीला हो जाना, झोल पड़ना, ढलक पड़ना, ढलकाना, 5 (of cheeks, breasts, etc) लटक जाना, 6 *commerc* भाव घटना या घटाना, गिरना या गिराना [**Prices** are sagging; to ~ the market]; *n* (of rope etc) झोल; (of prices) गिरावट

saga साग़ः *n* 1 वीर कृत्यों का आख्यान, वीरगाथा, 2 वंश आदि का इतिहास; 3 लंबी गाथा, राम कहानी

sagacious स-गेशस *a* 1 कुशाग्रबुद्धि, बुद्धिमान्, 2 विवेकशील, समझदार, 3 (of animal) समझदार, चालाक, सयाना, 4 (of act, saying, etc) बुद्धिमत्ता का, समझदारी का; ~**ness, sagacity** सगैसिटि *nn* 1 बुद्धिमत्ता, समझदारी, 2 (of animal) सयानापन

sagamore सैग-मॉर *n* = sachem, 1

sage^{1} सेज *n* 1 *bot* सुगंधित पौधा-विशेष (जिसकी पत्तियां गोश्त पकाने में काम आती हैं); सेज 2 ~ **tea** इसकी पत्तियों का काढ़ा

sage^{2} *a* & *n* 1 बुद्धिमत्ता का, बुद्धिमत्तापूर्ण, विवेकपूर्ण, 2 विवेकशील, *n* ऋषि, मुनि, मनीषी, महात्मा; **the Seven S~s** प्राचीन यूनान के सात मनीषी; ~**ness** *n* बुद्धिमत्ता

saggar सैगर *n* अग्निसह मिट्टी की पेटी (जिसमें रख कर मिट्टी के बर्तन पकाये जाते हैं), मृत्तिका-पेटी

Sagitta 1 सैजिटः *n* तारापुंज-विशेष, बाण

Sagittarius सैजि-टे'अरिअस *n* (*astron*) धनु या धनुष राशि

sago सेगो *n* (*pl* ~**s**) साबूदाना, साग़ू

Sahara सहारा *n* 1 अफ़्रीका के उत्तर पश्चिम में कर्क रेखा के दोनों ओर फैला हुआ मरु-प्रदेश, सहारा, 2 (*lit* & *fig*) मरुभूमि, रेगिस्तान [f. Arab. सहरा]

sail^{1} सेल *n* 1 पाल, बादबान; to hoist, lower, a ~ पाल चढ़ाना, उतारना, 2 पाल-युक्त नाव या जहाज़, पाल-नाव, (*collect*) a fleet of twenty sail बीस जहाज़ों का बेड़ा, 3 **to set sail** (i) पाल चढ़ाना या लगाना, (ii) (समुद्री-) यात्रा आरभ करना; 4 **to strike ~** पाल उतारना; 5 **to take the wind out of s.o.'s ~s** (see wind^1), 6 **~-cloth** पाल बनाने का कपड़ा; किरमिच-जैसा (पोशाक का) कपड़ा

sail^2 *n* 1 पाल-नाव या पाल-जहाज़ में यात्रा या विहार; नौका-यात्रा, नौका-विहार [to go for a ~], 2 (निर्दिष्ट अवधि की) समुद्रयात्रा [It is a week's ~ from Bombay]

sail^3 *vi & t* 1 समुद्रयात्रा करना, 2 (जहाज़ में) रवाना होना, प्रस्थान करना [to ~ **for** Canada etc], 3 (of ship) जाना, चलना, 3 (of bird) आकाश में बिना पर मारे उडना; तैरना, (of clouds) आकाश में तैरना या तिरना, 4 **to sail close to the wind** (i) हवा के लगभग प्रतिकूल चलना, (ii *fig*) कानून या मर्यादा या शिष्टाचार का उल्लंघन करते-करते बचना, तनिक अशिष्टता कर बैठना

sailer सेलर *n* (निर्दिष्ट गति वाला) जहाज़ [fast, slow, sailer]

sailing सेलिङ्ग *a & n* 1 पालयुक्त, बादबान-युक्त [~-ship, ~-boat]; 2 निर्दिष्ट गति वाला [fast-~ ship]; 3 **~-craft** छोटी पाल-नाव, *n* 1 नौ-चालन, जहाज़रानी; 2 **It's (all) plain ~** (see plain *a* 7)

sailor सेलर *n* 1 (नि० अफ़सर से निचले पद का) नाविक, मल्लाह, 2 **a good ~** जिसे समुद्रयात्रा में मिचली न आए; **a bad ~** जिसे प्राय: मिचली आ जाए; 3 **~s' home** नाविकों के लिए तटवर्ती सस्ती सराय, नाविक गृह

saint सेन्ट, सन्ट *a. & n & vt* 1 पवित्र, पावन, पुण्यात्मा (usu as prefix to name of person or archangel, *e.g.* St. Paul, St. Michael). 2 ईसाई सन्तों के नाम से संबंधित (गिरजे, नगर आदि; *e.g.* St. Peter's); 3 St. Helena अतलांतिक महासागर का वह द्वीप जहां परास्त नैपोलियन को (1815-21 में) बन्दी रखा गया था; *n* सन्त, महात्मा, **patron ~** संरक्षक सन्त, *vt* सन्त घोषित करना, सन्त मानना, सन्तों की सूची में शामिल करना; **~hood** *n* सन्त-पद; **~ly** *a* पुण्यात्मा, साधु-स्वभाव, साधु

sake सेक *n* 1 **for the sake of s.o., for s.o.'s sake** के लिए, के वास्ते, की ख़ातिर, के हित के विचार से, को खुश करने के लिए, 2 [*N.B.* Before **sake**, 's' of the possessive is sometimes omitted & only apostrophe (') used]; **for conscience' sake** अन्त:करण के सन्तोष के लिए, अपने ज़मीर की ख़ातिर; for peace' ~ शान्ति की ख़ातिर; **for his name's sake** उसके नाम या इज़्ज़त की ख़ातिर (cf. namesake)

saker सेकर, **sakeret** सेकरट *nn* एक प्रकार का बड़ा बाज़, श्येन

salability सेल-बिलिटि *n* विक्रेयता

salable, saleable सेल-बल *n* बिक्री के लायक, जो (आसानी से) बिक सके, विक्रेय

salacity स-लैसिटि = salaciousness (see foll)

salacious स-लेशस *a* 1 विषयी, लम्पट, व्यभिचारी, 2 अश्लील; **~ness** *n* 1 विषयासक्ति, लम्पटता, 2 अश्लीलता

salad सैलड *n* 1 भोजन के साथ खाने के लिए कच्ची सब्ज़ियों का मिश्रण (जिसमें सिरका आदि भी डाला जाता है); 2 कच्ची खाने योग्य सब्ज़ी, सलाद, 3 **~ days** जवानी की उम्र (जब अनुभव कम होता है), कच्ची उम्र; **~-dressing** सलाद को स्वादिष्ट बनाने का मसाला, *i.e.* तेल, सिरका आदि

salamander सैल-मैंडर *n* 1 छिपकली-जैसा जन्तु जिसके विषय में धारणा है कि वह आग में रहता है, समन्दर; 2 बहुत गर्मी सह सकने वाला व्यक्ति; बहुत जोशीला सैनिक, 3 *zool* दुमदार जलथलचर जन्तु-विशेष, सेलामैंडर, सरट, 4 आमलेट आदि बनाने का तवा

salame स-लामि *n* सूअर या अन्य पशु के कीमे से भरी झिल्ली-जैसी नली, गुलमा, लगोचा

salaried सैल-रिड *a* 1 वेतन पाने वाला, वेतनभोगी, तनख़ाहदार [~ classes], 2 सवेतन, वैतनिक [~ post]

salary सैल-रि *n & vt* वेतन, तनख़ाह (cf. wages), *vt* (esp in *pp*) वेतन देना

sale सेल *n* 1 बिक्री, विक्रय; **on** *or* **for ~** बिकाऊ; 2 (अनबिका माल निकालने के लिए) सस्ती बिक्री, 3 **to put up (goods) for ~** नीलाम करना, 4 *comb*: **~ deed** विक्रय-लेख, बैनामा; **~ price** विक्रय मूल्य; **sales tax** विक्रयकर, बिक्री-कर, 5 **~sman** (दुकान में या बाहर) बिक्री करने के लिए नियुक्त व्यक्ति, बिक्रीकर्ता, **~sgirl**, **~s-woman** विक्रेत्री; **~sperson** विक्रयव्यक्ति, **~-smanship** विक्रयकुशलता, विक्रय-कला; **~s promotion** बिक्री-वर्धन; **~s talk** ख़रीदने के लिए प्रेरित करने के विचार से गाहक को माल के गुण आदि बताना, विक्रय-वार्ता; *fig* (विचार मनवाने के लिए) प्रेरणा-वार्ता

saleable *a* = salable (see before)

salicylic सैलि-सिलिक *a* . **~ acid** पीपरोग्री के रूप में और गठिया रोग में दी जाने वाली दवा, सैलिसिलिक अम्ल

salience, -cy सेलिअन्स, सेलिअन्सि *nn* मुख्यता, प्रमुखता, सुस्पष्टता

salient सेलिअन्ट *a & n* 1 (of angle, esp in *fortif*) बाहर निकला हुआ, बहिर्गत (opp. re-entrant), 2 ध्यानाकर्षक, मुख्य, प्रमुख, प्रधा n विशिष्ट, ख़ास [~ points, features, etc]; (*fortif*) बहिर्गत कोण, बाहर निकला हुआ **~ly** *mil* युद्ध-पंक्ति का आगे को बढ़ा हुआ भा

adv मुख्यत:, प्रधानता, विशेषत:, ख़ास तौर से

saliferous स-लिफ़रस *a* (*geol*, of strata) जिसमें बहुत नमक हो, नमकदार, लवणमय

saline सेलाइन *a* & *n* **1** (of natural waters, springs, etc) नमकीन, लवणयुक्त, खारा, क्षारयुक्त, ~ land शोरे वाली ज़मीन, **2** (of taste) नमकीन, खारा, **3** *chem* लवणीय; *n* **1** खारी झील, खारा चश्मा, खारी दलदली भूमि, **2** = salt-pan; **3** नमकीन या खारी वस्तु, **4** नमकीन विरेचक, **5** नमक बनाने का कारखाना; **salinity** स-लिनिटि *n* नमकीनपन, लवणता, खारापन

saliva स-लाइव: *n* लार; थूक

salivate सैलिवेट *vi* (उचित मात्रा से अधिक) लार निकलना या बहना या टपकना

sallow^1 सैलो *n* **1** (छोटी किस्म का) बेंत का पेड़; विलो, **2** इसकी टहनी; इसकी लकड़ी

sallow^2 *a* & *n* & *vt* & *i* **1** (of complexion etc) (बीमार व्यक्ति का-सा) पीला, फीका; हल्का भूरा; *vt* & *i* पीला करना या पड़ जाना [His complexion had ~ed]: ~**ness** *n* पीलापन

sally^1 सैलि *vi* & *n* **1** (घिरे हुए सैनिकों का घेरा डालने वालों पर) एकाएक टूट पड़ना, आक्रमण करना, (आक्रमण के लिए) बाहर निकल आना [to ~ **out** against the besiegers]: **2** यात्रा पर जाना, सैर को निकलना [to ~ **forth, out**]; *n* **1** अचानक आक्रमण या हमला, झपट्टा, (विमान की आक्रमणार्थ) उड़ान, **2** सैर-सपाटा, विहार; यात्रा, सफ़र, **3** एकाएक काम का जोश, लहर, सरगर्मी, **4** हंसी-मज़ाक, ठठोली; व्यंग्य, व्यंग्योक्ति, ताना, फबती, **5** ~**-port** (प्राचीर में) **निर्गमद्वार**

sally^2 *n* **1** (घंटे का बजने से पहले) हिलना; **2** ~**-hole** घंटे की रस्सी के गुज़रने के लिए छेद

salmagundi सैल्म-गन्डि *n* **1** गोश्त, अंडों आदि का मिश्रित सालन, **2** *fig* वस्तुओं, विषयों, गुणों आदि का मिश्रण; विविधा

salmi सैल्मि *n* = ragout

salmon सैमन *n* (*pl* usu same) & *a* **1** एक प्रकार की मछली (जिसका मांस गेरुए रंग का एवं स्वादिष्ट होता है), सामन मछली, **2** ~**-colour** गेरुआ रंग ; *a* गेरुआ

salon F सैलों *n* **1** (यूरोप, वि० फ्रांस में अमीरों के घरों में) बैठक, दीवानख़ाना, **2** (बैठक में) बड़े लोगों की गोष्ठी या समागम; सम्मिलन, **3** प्रदर्शनी-कक्ष, **4 the S**~ (पेरिस में) जीवित कलाकारों की वार्षिक चित्र-प्रदर्शनी

saloon स-लून *n* **1** बड़ा कमरा, हाल, **2** जहाज या (बड़े) विमान में बड़ा कमरा, सैलून, **3** रेलगाड़ी का सुखसुविधायुक्त बड़ा डिब्बा (also ~ car, ~ carriage); **4** (विशेष प्रयोजन के लिए) कक्ष [dancing-~; hairdressing-~], **5** (U.S.) मदिरा-कक्ष

salsify सैल्सिफ़ाइ *n* विलायती कचालू

salt^1 सॉल्ट *n* **1** (often **common** ~) नमक, लवण, नोन; **rock** ~ खनिज नमक, **table** ~ (मेज़ पर) नमकदानी में रखने का नमक; **to eat s.o.'s** ~ (i) किसी का अतिथि होना (also, **to eat** ~ **with s.o.**); **2** we are **not made of salt** हम नमक के बने हुए नहीं है, अर्थात् वर्षा का हमें कोई डर नहीं है; **to rub** ~ **into wound** अपमानित का और अपमान करना, घाव पर नमक छिड़कना, **3 to take** (a story etc) **with a grain** *or* **pinch of salt** बात को अत्युक्ति समझना; बात पर पूर्णतया विश्वास न करना; सारी बात सच न मान लेना; **4 He is not worth his** ~ वह काम का नहीं है; काम नहीं जानता; **निकम्मा** आदमी है; रखने लायक नहीं है; **5 the** ~ **of the earth** संसार के भले लोग, परोपकारी लोग, आदर्श लोग, भला या आदर्श व्यक्ति, **6** (Old) salt अनुभवी नाविक, **7** कटुता, तीखापन, व्यंग्य, वाग्विदग्धता [a talk full of ~]; **8** *comb*: ~**-cellar** नमकदान, नमकदानी; ~ **lake** खारी झील; ~**-mine** नमक की खान; *fig* निरन्तर श्रम करने का स्थान; ~**-pan** समुद्र के पास पानी का छिछला गड्ढा जहां नमक बनाते हैं; लवणकुण्ड, (ii) नमक बनाने का बर्तन, कड़ाहा; ~**-pit** नमक की खान; ~**-works** नमक का कारख़ाना लवण-निर्माणी

salt^2 *a* **1** नमकीन, खारा, **2** (of wit) तीखा, कटु, **3** ~ water समुद्र का पानी; ~**-water** *a* समुद्र में रहने वाला, समुद्री [~-water fish]

salt^3 *vt* **1** नमक लगाना, नमक छिड़कना, **2** (*commerc*, *sl*) **to** ~ **an account** etc चीज़ों की कीमत बहुत अधिक या बहुत कम लगाना; **to** ~ **the bill** (बिल में) चीज़ों की कीमत ज्यादा लगाना; **to** ~ **the books** आय को बढ़ा कर दिखाना, जाली बही-खाता रखना; to ~ **a mine** बाहर से खनिज लाकर खान भर देना (ताकि खान भरपूर लगे)

S.A.L.T. (see abbreviations)

saltation सैल्टेशन *n* **1** उछाल, कूद, नृत्य, नर्तन, **2** आकस्मिक गति, **3** *bot* आकस्मिक परिवर्तन, उत्परिवर्तन; **saltatory** *a* **1** उछलने के लिये बना; **2** उछलने वाला, उछल कर चलने वाला

salted **सॉल्टिड** *a* (of horse or man) जिसे किसी स्थान में चिर-निवास के कारण वहां की जलवायु में होने वाले रोग न लग सकें; कड़ा, कठोर, पक्का, चिर-अभ्यस्त

salter सॉल्टर *n* **1** नमक के कारखाने का मालिक, **2** नमक बनाने वाला मज़दूर, नोनिया, नुनेरा, लोनिया, **3** नमक का व्यापारी; **4** (संरक्षणार्थ मछली आदि को) नमक लगाने वाला

saltern सॉल्टर्न *n* नमक का कारख़ाना, लोनारा

saltpetre सॉल्ट्-पीटर *n* शोरा; ~ rot नई या गीली दीवार के अन्दर से निकलने वाली सफ़ेदी, लोना

saltus सैल्टस *n* आकस्मिक परिवर्तन, सातत्य-भंग,

क्रमभंग

salty सॉल्टि *a* नमकीन, **सलोना**, खारा

salubrious स-लूब्रिअस *a* (of climate, air) स्वास्थ्यप्रद, स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यवर्धक; **salubrity** स-लूब्रिटि *n* स्वास्थ्यप्रदता

salutary सैल्युटरि *a* हितकर, लाभप्रद, अच्छा [~ advice]

salutation सैल्यु-टेशन *n* अभिवादन या स्वागत (के लिए प्रयुक्त शब्द), **प्रणाम**, वंदना, नमस्कार, नमस्क्रिया [He folded his hands in ~], सलाम; **salutational, -tatory** *aa* अभिवादन का, वन्दनात्मक

salute सल्यूट *vt* & *i* & *n* 1 अभिवादन या प्रणाम या नमस्कार करना, *vi* 2 सलामी देना [to ~ with 21 guns]; to ~ with reversed arms **अधोशस्त्र** सलामी देना, *n* 1 **अभिवादन**, प्रणाम, नमस्कार, सलाम, 2 *mil* सलामी [a ~ of 21 guns was fired]; 3 **to take the ~** सलामी **लेना**

salvable सैल्व-बल *a* (f. salve) जो बचाया जा सके, बचाने योग्य

salvage सैल्विज *n* & *vt* 1 जहाज़ या उसका माल डूबने से बचाना; 2 माल बचाने का शुल्क (also ~ money); 3 आग, बाढ़ आदि से माल-सामान का बचाना या निकालना, निस्तारण [to make ~ of goods], 4 बचाया या निकाला हुआ माल; दोबारा इस्तेमाल करने योग्य रद्दी माल; *vt* बचाना, निकालना; **~able** *a* जो बचाया जा सके

salvation सैल्वेशन *n* 1 मोक्ष, मुक्ति, निर्वाण, 2 ईसा द्वारा व्यक्ति का पाप से निस्तार और स्वर्ग में प्रवेश, 3 (संकट या विनाश से) बचाव, रक्षा, परित्राण, छुटकारा, निस्तार, **to work out one's own ~** छुटकारा पाने के लिए बिना किसी की मदद के स्वयं यत्न करना, 4 **S~ Army** धर्मप्रचार-सेना, मुक्ति-सेना

salve^1 सैल्व, साव *n* & *vt* 1 (*poet*) मरहम, लेप; 2 शांति देने वाली चीज़, (अपमान आदि का) दुःख मिटाने वाली बात, 3 (मानसिक) संताप दूर करने का साधन [~ **for** one's conscience]; *vt* शांत करना, [to do sth to ~ one's conscience]

salve^2 सैल्व *vt* =salvage *vb*

salver सैल्वर *n* (फल, मिठाई, पत्र आदि पेश करने के लिये चांदी आदि की) थाली, ट्रे

salvo^1 सैल्वो *n* (*pl* ~s, ~es) *n* 1 (सलामी देने के लिए या युद्ध में) तोपों का एक साथ दगना या छूटना [to fire a ~], 2 विमान से एक-साथ गिराये गये बम, 3 *fig* बौछार [He fired two ~s of criticism]; ~ of applause तालियों की गड़गड़ाहट; वाह-वाह (की ध्वनि)

salvo^2 *n* (*pl* ~s) 1 (अपने बचाव की) शर्त, प्रतिबन्ध, सुरक्षा-उपाय, आरक्षण, 2 इज्जत बचाने या अन्तःकरण को शान्त करने का उपाय, 3 बहाना, टाल-मटोल

sal volatile सैल् व-लैटिलि *n* मूर्छा दूर करने के लिए सुंघाने की दवा (=alcoholic solution of ammonium carbonate) [mod. L=volatile salt]

salvor सैल्वर *n* (see salvage) माल बचाने या निकालने (में मदद करने) वाला व्यक्ति या जहाज़

Samaritan समैरिटन *n*. **good ~** दुःखियों की मदद करने वाला, दयालु या परोपकारी व्यक्ति

sambo सैम्बो *n* 1 (त्रि० हब्शी और भारतीय या यूरोपीय का) वर्णसंकर, दोगला, 2 **S~** हब्शी

sambur सैम्बर *n* एक प्रकार का हिरन, सांभर

same सेम *a*, *pron* & *adv* 1 परिवर्तनरहित, एकविध, एकरस, नीरस [**the** ~ old story], 2 वही, अभिन्न [~ man, words, etc], 3 समान, सदृश, तुल्य, वैसा ही, in the ~ way उसी तरह से; **just the ~, one and the ~, the very ~** बिल्कुल वैसा; बिल्कुल वही; **much the ~** लगभग वैसा ही या वही, 4 **at the same time** (i) उसी समय, एक ही समय में, (ii) साथ ही, फिर भी; (*pron*) **the same वही चीज़**, वही बात (A Happy New Year to you!) **and the same to you!** आप को भी !; (*adv*) **the same** उसी तरह [I think the ~ about it]; **all the ~** फिर भी, तो भी (see all^2)

samel सैमल *a* (of brick, tile) अधपकी, कच्ची

samovar सैम-वार *n* (चाय बनाने की रूसी) केतली, समोवार (also used in Kashmir)

sampan सैम्पेन *n* (चीनी नमूने की) छोटी नाव, **सांपान**

samphire सैम्फ़ाइअर *n* सुगंधित पौधा जिसकी पत्तियों का **अचार** डालते हैं, सैम्फ़ायर

sample साम्पल *n* & *vt* 1 (वस्तु के गुण परखने के लिए अलग किया हुआ) अंश; नमूना, बानगी, 2 *fig* नमूना, मिसाल, उदाहरण [That is a fair ~ of his methods]; प्रतिदर्श, 3 **~ survey** कुछ नमूने ले कर किया हुआ सर्वेक्षण, नमूना-सर्वेक्षण; *vt* 1 (वस्तु का) नमूना लेना या देना, 2 आज़मा कर देखना कि चीज़ कैसी है, जांचना, परखना, चखना [to ~ a wine etc], 3 तनिक अनुभव होना

sampler^1 साम्प्लर *n* नमूने लेने वाला, पारखी

sampler^2 *n* (लड़की आदि की प्रवीणता का परिचायक) कढ़ाई का नमूना (जो प्रायः दीवार पर लगा दिया जाता है)

sampling साम्प्लिङ्ग *n* नमूने लेना, नमूना-चयन, प्रतिचयन

sanative सैन-टिव, **-tory** सैन-टरि *aa* 1 रोगनाशक, आरोग्यकर, स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यवर्धक, 2 आचार-विचार सुधारने वाला, चरित्रसुधारक

sanatorium सैन-टॉरिअम *n* (*pl* -iums *or* -ia) 1 क्षयरोगियों आदि की चिकित्सा का संस्थान, आरोग्याश्रम, 2 स्वास्थ्यकर (जलवायु वाला) स्थान (जहां बीमारी से उठने वाले प्रायः जाते हैं), स्वास्थ्यधाम

आरोग्यधाम

sanctification सैङ्क्टिफ़ि-केशन *n* (f. foll) 1 पवित्रीकरण, 2 पापमोचन, 3 सन्तपद पर अभिषेक

sanctify सैङ्क्टिफ़ाइ *vt* 1 (स्थान आदि को) तीर्थ या पवित्र मानना, 2 (व्यक्ति को) शुद्ध या पापमुक्त करना, 3 (प्रथा, कृत्य आदि को) धार्मिक या पुण्य मानना, 4 (व्यक्ति को) सन्त घोषित करना

sanctimonious सैङ्क्टि-मोनिअस *a* धार्मिकता या महात्मापन का ढोंग करने वाला, ढोंगी, पाखंडी, पाखंडपूर्ण, बगला भगत(-जैसा), **~ness, sanctimony** सैङ्क्टि-मनि *nn* पाखंड, बगलाभगती, दिखावटी महात्मापन

sanction^1 सैङ्क्शन *n* 1 (अधिकारी द्वारा दी गई) अनुमति, स्वीकृति, मंजूरी [done with the ~ of the Govt.]; 2 *law* (कानून-विशेष में विहित) दंड, सज़ा अथवा पुरस्कार, इनाम; 3 (ethics) नियम, विधि, विधान, अनुशास्ति [social, moral, religious, ~s]; 4 समर्थन, अनुमोदन [the ~ of custom etc], 5 (*polit*, esp in *pl*) (एक या अनेक राष्ट्रों द्वारा अन्य राष्ट्र पर दबाव डालने के लिए लगाया गया) प्रतिबन्ध; **economic ~s** आर्थिक प्रतिबन्ध [to apply ~s against a country]

sanction^2 *vt* 1 मंजूरी या स्वीकृति देना [to ~ a law, to ~ leave]; 2 (कानून में) दण्ड या पुरस्कार का विधान करना, 3 अधिकार देना, अनुमति देना, समर्थन करना [~ed by usage]

sanctity सैङ्क्टिटि *n* 1 (of place, person, etc) पवित्रता, पुण्यता; पूज्यता, माननीयता, धार्मिकता, 2 ~ of life मानव की अवध्यता, 3 (in *pl*) पवित्र कर्तव्य या दायित्व

sanctuary सैङ्क्चुअरि *n* 1 पवित्र स्थान, मन्दिर, गुरुद्वारा, गिरजा, मस्जिद आदि, 2 मन्दिर का अन्तरतम भाग, गर्भगृह, 3 स्थान जहां भगोड़े आदि को शरण मिले, शरण स्थान [London, the ~ of political refugees]; **to take ~** शरण लेना, 4 स्थान जहां पशु-पक्षियों के शिकार की मनाही हो, मृगयावर्जित प्रदेश, शिकारवर्जित वन; **bird ~** पक्षीविहार, **animal ~** पशुविहार

sanctum सैङ्क्टम *n* 1 पुण्यस्थान, मन्दिर आदि; **~ sanctorum** पुण्यतम या पवित्रतम स्थान, (वि० यहूदी) मन्दिर का अन्तरतम स्थान, गर्भगृह; *fig* गूढ़ सिद्धान्त (जो दीक्षित व्यक्तियों को ही बताया जाए), 2 *joc* (व्यक्ति का) निजी कमरा; निजी अध्ययनकक्ष

sand^1 सैन्ड *n* 1 रेत, बालू, सिकता; **built on ~** अस्थिर (जो अभी गिरा कि गिरा); **head in the ~** प्रत्यक्ष ख़तरे से इन्कार करना; 2 in *pl* (i) (समुद्र के निकट) रेतीली भूमि, रेतीला तट, रेती, (ii) मरुस्थल, मरुभूमि; 3 **the ~s are** **ning out** मोहलत ख़तम हो रही है (also see 'un out'); 4 *comb*: **~bag** बालू का बोरा ी; **~bag** *vt* (खिड़की, दरवाज़े आदि के आगे रक्षार्थ) बालू के बोरे लगा देना; बालू के बोरों से रक्षा या मोर्चाबन्दी करना; **~bank** रेत का ढूह, रेती; **~-bath** (*chem*) रेत से गरम करने का पात्र, बालू-ऊष्मक, **~-bed** रेत की परत; **~-cloud** (आंधी में) उड़ती हुई रेत; **~ dune** (उड़ कर आई) रेत का टीला; **~-fly** मच्छर की तरह का कीड़ा जिसके काटने से ज्वर हो जाता है, बालूमक्खी; **~-glass** बालू-घड़ी; **~-hill** रेत का टीला; **~-paper** रेगमार, रेगमाल; **~piper** टिटिहरी; **~-shoes** रेत में चलने का (कपड़े का) जूता; **sandstone** बलुआ पत्थर, **~storm** रेत की आंधी, रेतीला तूफ़ान

sand^2 *vt* 1 रेत छिड़कना, रेत बिछाना [to ~ the floor], 2 (चीनी आदि में) रेत मिलाना, 3 रेत या रेगमार से रगड़ कर चमकाना

sandal सैन्डल *n* चप्पल, पादुका, खड़ाऊं

sandal(wood) सैन्डल्(वुड) *n* 1 चन्दन, सन्दल; चन्दन की लकड़ी; 2 **sandal-tree** चन्दन का पेड़; **~wood oil** चन्दन का तेल

sandarac सैन्डरैक *n* 1 = realgar, 2 (also gum ~) (रोग़न बनाने की) राल

sandwich सैन्ड्विच *n & vt* 1 डबलरोटी के दो या अधिक जुड़े हुए टुकड़े जिनके बीच में सब्ज़ी या कीमा आदि भरा हो, सैंडविच, 2 **~-board** विज्ञापन के ऐसे दो फट्टों में से एक; **~ course** पाठ्यक्रम जिसके बीच-बीच में प्रयोगात्मक प्रशिक्षण भी दिया जाता है; सैद्धान्तिक-व्यावहारिक पाठ्यक्रम; **~-man** विज्ञापन के दो फट्टों को आगे-पीछे लटका कर चलने वाला आदमी; *vt* एक प्रकार के पदार्थों या कथनों के बीच में भिन्न प्रकार का कुछ रखना या प्रक्षिप्त करना, बीच में ठूंसना या घुसेड़ना [In the bus, I was ~ed between two fat persons]

sandy सैन्डि *a* 1 रेतीला, बलुआ, 2 (of hair) पीलापन लिए हुए लाल, पीत-रक्त

sane सेन 1 स्वस्थचित्त, जिसका दिमाग़ ठीक हो, जो पागल न हो; समझदार, 2 (of views) बुद्धिमत्ता का, बुद्धिमत्तापूर्ण, अक्ल का

sanforized सैन्फ़राइज्ड *a* (of fabric) पहले से सिकोड़ा हुआ (ताकि धोने पर और न सिकुड़े)

sang-froid F सां फ़्वा *n* (संकट आदि में) न घबराना, अक्षोभ, धैर्य, शान्त भाव

sanguinary सैङ्ग्विनरि *a* 1 (of battle) रक्तपातपूर्ण, 2 (of person) ख़ूनी, ख़ून का प्यासा, ख़ूंख़ार, 3 (of laws) मृत्युदण्ड देने वाला, बर्बरतापूर्ण

sanguine सैङ्ग्विन *a & n* 1 (of complexion) लाल, सुर्ख़, 2 (of person) सदा आशावादी, जिसे दृढ़ विश्वास हो [to be ~ about the future; ~ of success]; *n* 1 लाल खड़िया या पैन्सिल, 2 इससे बनाया हुआ चित्र

sanguineous सैङ्ग्-ग्विनिअस *a* 1 = sanguinary, 2 *med* रक्त का; रक्तोद्रेकमय

sanies सेनिईज़ *n* (*med*) घाव या फ़ोड़े से निकलने वाला पतला स्राव, पंछा

sanify सैनिफ़ाइ *vt* (स्थान की) सफ़ाई करना, सफ़ाई का प्रबन्ध करना, स्वास्थ्यदायक बनाना

sanitarian सैनि-टे`अ-रिअन *n* सफ़ाई-पसन्द आदमी, सफ़ाई और स्वास्थ्य के नियमों पर ज़ोर देने वाला, स्वच्छताप्रिय

sanitary सैनिटरि *a* 1 सफ़ाई और स्वास्थ्य-संबंधी, 2 स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यदायक, 3 सफ़ाई करने का; शौचार्थ [~ paper], 4 ~ **inspector** सफ़ाई का दारोग़ा; 5 ~ **towel** रजस्वला के प्रयोगार्थ कपड़ा आदि; ~ **ware** (शौचालय के लिए) चीनी मिट्टी के उपस्कर

sanitation सैनि-टेशन *n* 1 (स्वास्थ्यरक्षा के निमित्त) स्वच्छता, 2 गन्दे पानी के नाले-नालियां, मल तथा कूड़े-करकट के निकास की व्यवस्था; (नगर की) सफ़ाई का प्रबन्ध

sanitize सैनिटाइज़ *vt* स्वच्छ बनाना, सफ़ाई का प्रबन्ध करना

sanity सैनिटि *n* 1 स्वस्थचित्तता, उन्मत्त न होना, दिमाग़ सही होना, 2 बुद्धिमत्ता, समझदारी, अक्लमन्दी, अतिवाद या उग्रवाद से बचना

sansculotte F सॉक्यु-लोॅट *n* घोर क्रान्तिकारी

sanserif सैन्से`रिफ़ *n* (*print*) सादा टाइप

Santa Claus सैन्ट-क्लॉज़ *n* **वयोवृद्ध** सन्त जिसके विषय में धारणा है कि वह रात को बच्चों की जुर्राबों में क्रिसमस-उपहार डाल जाता है, सैन्टाक्लाज़

sap^1 *n* & *vt* (-pp-) 1 (पेड़-पौधों का) रस, सार, 2 (*fig*) जान, प्राण, सत्त्व, बल, दम [the ~ of youth], 3 (also ~**wood**) लकड़ी की ऊपरी नरम परतें, रसदारु, रसकाष्ठ, *vt* 1 रस निकाल लेना, सुखा देना, 2 *fig* चूस लेना, जान निकाल लेना; ख़ातम करना [His energy, belief, etc. has been ~ped]

sap^2 *n* & *vi* & *t* (*mil*) सुरंग, to drive a ~ सुरंग बनाना; *vi* 1 सुरंग बनाना, सुरंग द्वारा (कहीं) पहुंचना, 2 to ~ forward सुरग बनाकर आगे बढ़ना; 3 *vt* खोखला करना, जड़ खोदना, दुर्बल करना, (धीरे-धीरे) नष्ट करना [Science has ~ped many old beliefs]

sapid सैपिड *a* 1 स्वादिष्ट, मज़ेदार, रुचिकर, 2 (of talk, writing) रोचक, दिलचस्प

sapience सेपिअन्स *n* बुद्धिमत्ता, समझदारी, अक्लमन्दी, प्रज्ञा

sapient सेपिअन्ट *a* (usu *iron*) बुद्धिमान्, प्राज्ञ, समझदार, अक्लमन्द; ~**ial** सैपिअन्शल *a* शिक्षात्मक

sapling सैप्लिङ्ग *n* 1 पौधा, छोटा-सा पेड़, 2 *fig* नवयुवक, नौजवान, 3 (एक वर्ष तक का) शिकारी कुत्ता

sapodilla सैप-डिल: *n* चीकू

saponaceous सैप-नेशस *a* 1 साबुन का, साबुन-सा, साबुनी; 2 (of person etc) =soapy 2

saponification सपोॅनि-फ़ि-केशन *n* (see foll) साबुनीकरण, साबुनीभवन

saponify स-पोॅनिफ़ाइ *vt* & *i* (तेल आदि) साबुन में परिवर्तित करना या होना, साबुन बना देना या बन जाना

sapor सेपॉर *n* 1 स्वाद; 2 रसनाशक्ति

sapper सैपर *n* (f. sap^2), 1 सुरंग या खाई खोदने वाला 2 **sappers** & **miners** सड़क या पुल आदि बनाने वाला (इंजीनियरी) दस्ता, सफ़र-मैना

sapphire सैफ़ाइअर *n* & *a* 1 नीलम, नीलमणि, 2 नीलिमा, आसमानी रंग; *a* नीला, आसमानी; ~ **wedding** (विवाह की) पैंतालीसवीं वर्षगांठ, नीलम जयन्ती

saprogenic सैप्रजे`निक *a* पूतिजनक, पूतिकारक;

saprophagous सै-प्रोॅफ़गस *a* मृतोपजीवी, मृतभक्षी;

saprophyte सैप्रफ़ाइट *n* सड़ी हुई वनस्पति आदि पर पनपने वाली वनस्पति, मृतोपजीवी

Saracen सैर-सन *n* & *a* (*hist*) 1 ईसाइयों के धर्मयुद्ध (सोलहवीं शताब्दी) के समय का मुसलमान; 2 सीरिया (Syria) अथवा अरब की मरुभूमि का ख़ानाबदोश, *a* इस्लामी

sarcasm सार्कैज़म *n* 1 व्यंग्य, कटाक्ष, ताना, बोली-ठोली, व्यंग्योक्ति, चुभती हुई बात, 2 चुभती हुई बात कहना, ताना देने का स्वभाव, कटाक्ष का प्रयोग

sarcastic सार्-कैस्टिक *a* 1 व्यंग्यमय, व्यंग्यपूर्ण, व्यंग्यात्मक [~ remark]; 2 व्यंग्य या कटाक्ष करने वाला, कटाक्षप्रिय, ~**ally** *adv* व्यंग्यपूर्वक

sarcophagus सार्-कोॅफ़गस *n* (पत्थर की) शवपेटिका, ताबूत

sarcoma सार्-कोम: *n* संयोजी ऊतक पर होने वाला अर्बुद, मांसार्बुद

sarcous सार्कस *a* मांसमय, मांसपेशीमय

sard सार्ड *n* पीले या नारंगी-लाल रंग का रत्न

sardine सार्डीन *n* 1 एक प्रकार की छोटी मछली (जो प्राय: डिब्बा-बन्द की जाती है), 2 people packed like ~s इतनी भीड़ कि तिल धरने की जगह न हो

sardonic सार्-डोॅनिक *a* 1 व्यंग्यमय, व्यंग्यपूर्ण, व्यंग्यात्मक, उपहास-भरा [~ laugh, laughter], 2 कटु; ~**ally** *adv* व्यंग्यपूर्वक, कटुतापूर्वक

sardonyx सार्डनिक्स *n* एक प्रकार का रत्न, सार्डोनिक्स [=sard & onyx]

sargasso सार्-गैसो *n* 1 समुद्री शैवाल (जिसके विशाल समूह उत्तरी अतलांतिक महासागर में तैरते रहते हैं), 2 S~ Sea उत्तरी अतलांतिक का एक भाग

sarmentose सार्मन्टोस, **-entous** सार्मेन्ट *a* ली (*bot*) जिसकी पतली लंबी टहनियां धरती प हों, भूस्तीर्ण

sarsaparilla सार्स्प-रिल: *n* चिरायता; इसकी सुखाई हुई जड़ें; जड़ों का रस

sartorial सार्-टॉरि-अल *a* 1 दर्ज़ी (के काम) का, (कपड़ों की) सिलाई का [~ bill], 2 (पुरुषों के) कपड़ों का, पोशाक का

sash^1 सैश *n* 1 (पुरुष के कन्धे पर डालने का पद-सूचक) दुपट्टा, कमरबन्द, पेटी, 2 (स्त्री की) मेखला

sash^2 *n* 1 (खिड़की के शीशे का) चौखटा (जिसे प्राय: ऊपर-नीचे किया जा सकता है), 2 ~-window ऐसी खिड़की जिसके एक या दोनों चौखटेदार शीशे ऊपर-नीचे हो सकते हैं

Satan सेटन *n* शैतान; **satanic** स-टैनिक *a* शैतानी, आसुरी, दानवी, राक्षसी; **Satanism** *n* 1 अति दुष्टता, 2 राक्षसी प्रवृत्ति, आसुरी स्वभाव, 3 शैतान की पूजा

satchel सैचल *n* बस्ता

sate सेट *vt* 1 (भूख) मिटाना, इच्छा पूरी करना, (व्यक्ति को) तृप्त करना 2 अति तृप्त करना, छकाना, जी भर देना, **to become ~d (with** sth) जी भर जाना

sateen स-टीन *n* चमकदार ऊनी या सूती कपड़ा, सटीन

satellite सैट-लाइट *n* & *a* 1 ग्रह के इर्द-गिर्द घूमने वाला आकाशीय पिंड, उपग्रह, कृत्रिम उपग्रह; **earth-~** भू-उपग्रह, 2 पिछलगा, पिछलग्गू, पिट्ठू, (बड़े आदमी का) आश्रित, अनुचर, 3 *fig* (बड़े राष्ट्र का) अनुयायी देश, उपराष्ट्र; *a* गौण, अप्रधान, अनुषंगी [~ phenomenon]; **~ town** बड़े नगर के निकट स्थित तथा उसपर आश्रित छोटा नगर, उपनगर, अनुषंगी नगर

satiable सेश-बल *a* तृप्य, तर्पणीय

satiate सेशिएट *vt* = sate 2

satiety सटाइअटि *n* अतितृप्त हो कर ऊब जाना, आवश्यकता से अधिक तृप्ति, अतितृप्ति, अघाव [to eat to ~]

satin सैटिन *n* & *a* & *vt* एक तरफ़ से चमकदार रेशमी कपड़ा, साटन, *a* (साटन की तरह) मुलायम, चिकना, **~ paper** बढ़िया चिकना काग़ज़, *vt* (कागज़ को) चिकना करना

satire सैटाइअर *n* 1 किसी बुराई या बुरे आदमी की निन्दा करने वाला लेख या काव्य, व्यंग्य लेख, व्यंग्य काव्य, व्यंग्य साहित्य, 2 उपहास, कटाक्ष, व्यंग्य, ताना, फबती

satiric स-टिरिक *a* 1 व्यंग्यात्मक [~ poem, remark], 2 व्यंग्य लिखने वाला [~ poet]

satirical स-टिरिकल *a* 1 = prec.; 2 व्यंग्य-प्रिय, कटाक्ष करने वाला, फबती कसने वाला [~ person]

satirist सैटरिस्ट *n* 1 व्यंग्यलेखक, व्यंग्यकार, 2 ग्यप्रिय या कटाक्षप्रिय व्यक्ति

irize सैटिराइज *vt* पर व्यंग्य लिखना, कटाक्ष का उपहास करना

satisfaction सैटिस्-फ़ैक्शन *n* (f. satisfy) 1 (ऋण की) अदायगी; शोधन; 2 हरजाना, क्षतिपूर्ति [~ for an offence, insult, etc], 3 सन्तोष, सन्तुष्टि, हर्ष, खुशी [to give s.o. ~; their ~ **at** *or* **with** the results], 4 (इच्छा आदि की) पूर्ति, (भूख का) मिटाना, (क्षुधा की) शान्ति, 5 सन्तुष्ट करने वाली बात, सन्तोष का कारण [That is a great ~], 6 (सन्देह का) समाधान

satisfactory सैटिस्-फ़ैक्टरि *a* 1 सन्तोषजनक, पर्याप्त [The results are ~], 2 समाधान करने वाला, सन्देह मिटाने वाला [a ~ proof]; 3 *theol* प्रायश्चित्तात्मक

satisfied सैटिस्फ़ाइड *a* (see foll) 1 सन्तुष्ट, 2 कायल, I am ~ that ...मुझे विश्वास हो गया है कि ...

satisfy सैटिस्फ़ाइ *vt* & *i* 1 अदा करना, चुकाना [to ~ a debt], 2 पूरा करना, पालन करना [to ~ an obligation, a demand, a condition, etc], 3 सन्तुष्ट करना, तसल्ली कराना, प्रसन्न करना; किसी की इच्छा या आशा पूरी करना; पर्याप्त होना, **to ~ the examiners** पास होने के लिए आवश्यक न्यूनतम अङ्क प्राप्त करना; (in *pass*) सन्तुष्ट होना; to rest satisfied और मांग न करना, और प्रयत्न न करना, 4 to ~ a desire इच्छा पूरी करना; to ~ an appetite भूख मिटाना, 5 **कायल करना**; विश्वास दिलाना [to ~ s.o. that it is so]; to ~ a doubt सन्देह का समाधान करना, सन्देह मिटाना; **to ~ oneself** अपना सन्देह मिटाना; 6 *vi* सन्तुष्ट करना, तृप्त करना [Food that satisfies]; **satisfying** *a* 1 सन्तोषजनक, सन्तोषप्रद, 2 (of argument etc) = convincing *q.v.*

satrap सैट्रैप *n* (*hist*) प्राचीन ईरान में प्रदेश का शासक, राज्यपाल, क्षत्रप, सूबेदार

saturate सैचरेट *vt* 1 भरना, पूरा भर देना, व्याप्त करना, ओत-प्रोत करना [He is **~d with** learning, prejudice, etc], 2 भिगो देना, तर करना, सराबोर करना [I was caught in the rain and returned home ~d], 3 *chem* पानी, हवा, धातु आदि में क्रमश: घुलनशील पदार्थ, नमी, बिजली आदि इतना भरना कि और न भरा जा सके, परिपूर्ण करना; सुतृप्त करना; **~d** *a* 1 (of soil) तरबतर, गीला, 2 (of solution) गाढ़े से गाढ़ा, घनिष्ठ, 3 (of colour) गहरा

saturation सैच-रेशन *n* 1 पूरी तरह से भर देना या भरा होना, पूर्णव्याप्ति, संसिक्ति, संतृप्ति 2 (of solution) अति गाढ़ापन या घनिष्ठता

Saturday सैटर्डे *n* शनिवार

Saturn सैटर्न *n* 1 शनि (ग्रह), 2 (*Rom ant*) कृषि का देवता

Saturnalia सैटर्-नेलिअ *n pl* 1 (see Saturn, 2) प्राचीन रोम में दिसम्बर में मनाया जाने वाला

उत्सव (जो कि क्रिसमस का पूर्वरूप था), 2 रंगरलियां, उच्छृंखलतापूर्ण आमोद-प्रमोद, 3 (*fig* as *sing* or *pl*) भयङ्कर क्रम या सिलसिला [Then followed a ~ of crime, a ~ of slaughter, etc]

Saturnian स-टर्निअन *a* 1 शनि (ग्रह) का, 2 (रोम के) कृषिदेवता का; ~ age स्वर्ण युग

saturnic स-टर्निक *a* (*path*) सीसे के विष से प्रभावित, सीसकविषयुक्त

saturnine सैटर्नाइन *a* 1 उदास रहने वाला, उदास प्रकृति का, अनमना, खिन्न; 2 सुस्त, उदास [~ looks]; 3 सीसे का [~ poisoning; ~ poultice]; 4 सीसे के विष से प्रभावित [~ patients]

satyr सैटर *n* 1 (यूनान और रोम का) वनदेवता (जो अर्द्धमानव और अर्द्धपशु होता है), 2 लम्पट व्यक्ति

satyriasis सैट-राइअ-सिस *n* (पुरुष की) प्रबल मैथुनेच्छा या संभोगेच्छा, कामार्ति

sauce^1 सॉस *n* 1 (पुदीने, टमाटर आदि की) चटनी [mint, tomato, etc ~]; **to serve with the same ~** वैसा ही व्यवहार करना, 2 चटपटापन, मज़ा, रस, 3 *fig* रोचकता, मनोरंजकता, मज़ा, 4 (प्राय: हास्यजनक) गुस्ताख़ी, धृष्टता; गुस्ताख़ी की बातें, बदतमीज़ी [None of your ~!], 5 *comb*: **~box** (*colloq*) गुस्ताख़ व्यक्ति; **~pan** (हत्थे वाली) देगची

sauce^2 *vt* 1 *arch* नमक-मिर्च मिलाना, *fig* चटपटा बनाना, 2 *colloq* किसी के साथ बदतमीज़ी करना [to ~ s.o.]

saucer सॉसर *n* 1 तश्तरी, **flying ~s** उड़ती तश्तरी (जैसे पदार्थ जो अनुमानत: बाह्य अन्तरिक्ष से आते हैं और कभी-कभी आकाश में देखे गये हैं), 2 **~ eye** बड़ी और गोल आंख; आश्चर्य से विस्फारित नयन, ~-eyed विशालाक्ष, विशालाक्षी, मृगनयनी

saucily *adv* धृष्टतापूर्वक; **sauciness** *n* गुस्ताख़ी, बदतमीज़ी (see foll)

saucy सॉसि *a* गुस्ताख़, धृष्ट, बदतमीज़, बे-अदब

saunter सॉन्टर *vi* & *n* धीरे-धीरे चलना, टहलना, चहलकदमी करना; मटरगश्त करना; *n* चहलकदमी, मटरगश्त, धीमी चाल, to come along at a ~ धीरे-धीरे चलते या टहलते हुए आना; **~er** *n* चहलकदमी करने वाला

saurian सॉरिअन *n* & *a* छिपकली (जैसा, का)

sausage सॉसिज *n* (see salami) गुलमा

savage सैविज *a* & *n* & *vt* 1 जो प्राकृत अवस्था में हो, जिस पर सभ्यता का प्रभाव न पड़ा हो, जंगली, असभ्य [~ tribes]; बर्बरता का [~ life], 2 क्रूर, निर्दयतापूर्ण, बर्बरतापूर्ण, घोर, उग्र, भीषण, भयंकर, जबरदस्त [~ blow, attack, persecution, criticism, etc], 3 (*colloq*, of person) अत्यन्त क्रुद्ध, आपे से बाहर; *n* असभ्य या जंगली या वहशी आदमी, *vt* 4 (esp. of horse, dog) काटना, कुचलना, लताड़ना; (of critic) कटु आलोचना करना; **~ness**, **~ry** सैविज्रि *n* 1 असभ्यता, जंगलीपन, वहशीपन, 2 क्रूरता, निर्दयता, बर्बरता, घोरता, भीषणता [~ry of a blow, an attack, etc]

savanna(h) स-वैन: *n* घास का (लगभग वृक्ष-रहित) विशाल मैदान, सवाना

savant F सैवां *n* विद्वान्, पंडित, ज्ञानी, उच्च-कोटि का वैज्ञानिक; **~e** सैवान्त (fem) विदुषी

save^1 सेव *vt* & *i* 1 बचाना, रक्षा करना [to ~ s.o.'s life; to ~ s.o. **from** drowning]; to ~ the goal गोल न होने देना, गोल बचाना; **to save the situation** स्थिति संभाल लेना, मामला बिगड़ने न देना; कठिनाई से बच निकलने का उपाय करना; **to ~ appearances** दिखावा बनाये रखना, पोल न खुलने देना, 2 मुक्ति या मोक्ष दिलाना, नरक से बचाना, 3 बचा रखना, जमा करना [to ~ money; *vi* **to save (up) for** one's old age], **to ~ one's breath** मौन रहना; 4 मितव्ययिता करना, ज़ाया न करना, बचाना [to ~ time], 5 से बचाना, न होने देना, रोकना, की ज़रूरत न पड़ने देना [His private secretary saved him many **interviews**]; **to ~ the follow-on** (*crick*) (पहली इनिंग के बाद) तुरन्त दूसरी बार बल्लेबाज़ी (या फ़ालोऑन) से बचना; **to save s.o. the trouble of** (**doing** sth) का कष्ट न करने या उठाने देना, **You may ~ your trouble** आपको कष्ट करने की ज़रूरत नहीं है; आपका कष्ट करना बेकार है

save^2 *prep* & *conj* (*arch*) सिवाय, अतिरिक्त, छोड़कर; *conj* यदि . . . नहीं

saving सेविङ्ग *n* & *a* 1 रक्षा, बचाव, 2 मितव्ययिता; बचत [a labour-~ device]; **~s bank** बचत-बैंक; *a* 1 बचाने वाला, 2 बचाव करने वाला, **saving clause** वह धारा या खंड जिसमें करार से बचने की व्यवस्था हो, बचाव-धारा; (also see clause), 3 **saving grace** ऐसा गुण जिसके कारण अन्य दुर्गुणों की उपेक्षा या सहन किया जाए; एक अच्छी बात [He has the ~ grace of frankness]

saviour सेविअर *n* 1 रक्षा करने वाला, बचाने वाला, परित्राता; 2 छुड़ाने वाला, मुक्ति दिलाने वाला; **the** *or* **our S~** ईसा

savoir-faire F सैवुआर्-फ़ैअर *n* स्थिति को समझने और काम निकालने या काम बनाने की कुशलता, चतुराई, दक्षता, कार्य-दक्षता, व्यवहार-कौशल

savour सेवर *n* & *vt* & *i* 1 स्वाद, सुगन्ध, महक, रस, मज़ा, 2 (*fig*) गंध, बू, अंश, लेश, पुट [a ~ of impertinence]; *vt* (*lit* & *fig*) मज़ा ले, धीरे-धीरे आस्वादन करना [He ~ed the wi *vi* गन्ध या बू होना [The offer ∼s of impertinence]; ∼**less** *a* नीरस, फीका, बेमज़ा

savouriness सेवरि-निस *n* 1 स्वादिष्टता, 2 चटपटापन

savoury सेवरि *a* 1 स्वादिष्ट, रसीला, ज़ायकेदार [a ∼ jelly]; (also *fig*) मज़ेदार, रुचिकर, 2 जिसमें मीठा न हो, नमकीन, चटपटा, मसालेदार [sweet or ∼ omelette]

savvy सैवि *vi* & *t* & *n* (*sl*) जानना, **no ∼** मैं, वह आदि नहीं जानता या समझता, *n* समझ

saw^1 सॉ *n* 1 आरा, आरी, 2 *comb*: ∼**dust** बुरादा, लकड़ी का बुरादा; ∼**mill** आराघर, आरामशीन

saw^2 *vt* & *i* (*pp* sawn, rarely sawed) आरे या आरी से (लकड़ी, धातु, पत्थर आदि) चीरना, काटना, ∼**bones** (*sl*) शल्यचिकित्सक; *vi* आरा चलाना

saw^3 *n* कहावत, सूक्ति, नीति-वचन [old *or* wise saw]

sawder सॉडर *n* & *vt* (*colloq*) **soft ∼** चापलूसी; *vt* चापलूसी करना

sawyer सॉ-यर *n* आरा चलाने वाला, आराकश

sax, zax सैक्स, ज़ैक्स *n* (छत की) स्लेटें तराशने की छैनी, स्लेट-छैनी

saxatile सैक्सटिल *a* (of plant) पत्थरों में उगने वाला, शिलारुह, पाषाणरुह; (of animal) पत्थरों में रहने वाला, शैलवासी, पाषाणवासी

saxhorn सैक्सहॉर्न *n* तुरही-जैसा बाजा

saxicoline, -lous सैक्सिकलाइन, -कलस *aa* = saxatile

Saxon सैक्सन *n* & *a* 1 पांचवी-छठी शताब्दी में जर्मनी आदि देशों से इंग्लैंड में आकर बसी जाति का व्यक्ति, सैक्सन, 2 इस जाति की भाषा, 3 अंग्रेज़ी भाषा का वह अंश जो लैटिन या फ्रैंच आदि से नहीं बल्कि जर्मन से आया है, *a* 1 सैक्सन जाति का [∼ architecture], 2 लैटिन-भिन्न मूल का [∼ words in English]

say^1 से *vt* (said; saith (*arch*)=says); 1 कहना, **बोलना**, बतलाना, 2 **to ∼ a lesson** (अध्यापक को) पाठ सुनाना, 3 **to ∼ one's prayers** सन्ध्या-वन्दना करना, सन्ध्योपासना करना, नमाज़ पढ़ना; **to ∼ grace** भोजन आरंभ करने से पहले ईश्वर का नाम लेना, हरि-हर **करना**, बिस्मिल्लाह करना; 4 अपना विचार या इरादा या निश्चय बताना, राय देना, **What do you say to a cup of tea?** चाय पियोगे ? क्या ख़्याल है ? 5 **they say; it is said, it's said** अफ़वाह है, कहते हैं कि; **so to say** मानो, गोया कि; **that is to say** दूसरे शब्दों में, अर्थात्, यानी; 6 दलील पेश करना, तर्क प्रस्तुत करना, कहना [Much can be said on oth sides]; **when all is said and done** अ तोगत्वा, आख़िरकार; **to ∼ nothing of** का ख़्याल न करते हुए भी, को छोड़कर भी, 7 फ़र्ज़ करना, मानना, (उदाहरण) लेना, उदाहरणतः [Any country, let us say India, might do the same]; (of number) लगभग [A few persons, say a dozen, followed him]; **the said** *a* उक्त, कथित, उपर्युक्त, पूर्वोक्त

say^2 *n* 1 कथन, कहना, बात, 2 कहने का अधिकार [I have no ∼ in the matter], 3 कहने का अवसर [Let me have my ∼]

saying सेइङ्ग *n* 1 **it goes without ∼** यह तो बिल्कुल स्पष्ट या सुविदित है, **कहने** की जरूरत नहीं है, कहना न होगा कि · · ·, 2 **∼ and doing** कथनी और करनी, 3 कहावत, लोकोक्ति [as the ∼ is]; 4 **there is no ∼** कहा नहीं जा सकता, पता नहीं लग सकता

scab स्कैब *n* & *vi* (-bb-) 1 घाव पर जमने वाली पपड़ी, खुरंड, घाव का निशान, **क्षतचिन्ह**, 2 खाज, खुजली, खारिश, 3 (पौधों का) फफूंद-जैसा रोग-विशेष, 4 (Trade unionism) हड़ताल में शामिल न होने वाला मज़दूर, **हड़ताल-भंजक**, गद्दार, *vi* 1 (घाव पर) पपड़ी पड़ना, (घाव का) भरना, अच्छा होना, 2 हड़ताल में भाग न लेना

scabbard स्कैबर्ड *n* म्यान; **to throw away the ∼** आख़िरी दम तक लड़ने को तैयार हो जाना

scabbed स्कैब्ड = scabby 1, 2

scabby स्कैबि *a* 1 (of wound) **जिस** पर पपड़ी जम गई हो, 2 (of animal) **खुजली-पीड़ित**, 3 (of person) कमीना, नीच

scabies स्केबीज़ *n* खाज, खुजली, ख़ारिश, कच्छू, पामा

scabious स्केबिअस *a* & *n* 1 = scabby 1, 2; 2 *n* (*bot*) खुजलीमार **पौधा**

scabrous स्केब्रस *a* 1 (*zool*, ***bot***, etc) खुरदरा, पपड़ीदार, 2 (of subject, **situation**, etc) जिसका वर्णन अश्लील शब्दों के प्रयोग के बिना कठिन हो, अश्लील, नाज़ुक

scaffold **स्कैफ़ल्ड** *n* & *vt* 1 मंच, रंगमंच, 2 फांसी का तख़्ता, मृत्युदण्ड; **to go to, mount, the ∼** फांसी (पर) चढ़ना, मृत्युदण्ड पाना, 3 राज-मज़दूरों के खड़े होने का मचान, पाड़, पाइट; *vt* (इमारत के लिए) पाड़ बांधना, मचान बांधना

scaffolding स्कैफ़लिङ्ग *n* 1 पाड़, पाइट, 2 पाड़ बांधने का सामान; फट्टे, बल्लियां आदि, 3 ढांचा [the ∼ of the skull]

scalable स्केल-बल *a* 1 (of mountain) जिस पर चढ़ा जा सके, आरोह्य; 2 (of well) जिसे फांदा जा सके, फांदने-योग्य, 3 (of fish, almond) जिसका शल्क या छिलका उतारा जा सके, (of tooth) जिसकी मैल उतारी जा सके 'see scale^{1,3})

scalariform स्क-लैरिफ़ॉर्म *a* (*bot*, *zool*) सीढ़ी-जैसा, सीढ़ीनुमा, सोपानवत

scalawag स्कैलवैग *n* 1 छोटे कद का या मरियल पशु; 2 निकम्मा आदमी, बुद्धू

scald स्कॉल्ड *v* & *n* 1 (त्वचा, व्यक्ति आदि का) गरम द्रव या भाप से झुलसना, झुलस डालना, जलाना, 2 (दूध को) उबालाना, 3 (बरतन को) गरम पानी से धोना, *n* **जलन**, दाह

scale^{1} स्केल *n* & *vt* & *i* 1 मछली आदि की त्वचा पर का छिलका, शल्क, 2 (अनाज, मटर आदि का) छिलका, बीजकोश, 3 (त्वचा पर की) पपड़ी; **to remove the ~s from s.o.'s eyes** किसी की आँखें खोलना; the scales fell from his eyes उसकी आँखें खुलीं, उसका भ्रम दूर हुआ, 4 जंग लगे लोहे पर की पतली परत, (दाँतों पर जमी) मैल, 5 (inside boiler) पपड़ी, मैल; *vt* शल्क या छिलका या पपड़ी या जंग की परत या (दाँतों की) मैल उतारना [to ~ fish, almonds, peas, iron, teeth]; *vi* (of skin, metal) पपड़ी जमना; **to ~ off** पपड़ी उतरना

scale^{2} *n* & *vt* 1 **~(-pan)** (तराजू का) पलड़ा, पल्ला; **to throw into the ~** प्रतियोगिता या बहस आदि में झोंकना; (of motive or circumstance) **to tip** *or* **turn the scale(s)** निर्णायक या निर्णयात्मक सिद्ध होना, 2 in *pl* scales तराज़ू, तुला; **to hold the ~s even** निष्पक्षता से निर्णय करना, 3 **the Scales** तुला (राशि); *vt* (इतना) भार या वज़न होना [It ~s 5 kg.]

scale^{3} *n* & *vt* 1 मात्रा या गुण आदि के क्रम से रखे पदार्थों की शृंखला, सीढ़ी, सोपान, श्रेणी, स्तर, कोटि, दर्जा; the social ~ सामाजिक दर्जा; to sink in the ~ दर्जा घटना, 2 मापक्रम, माप, मान, पैमाना; **on a vast, large, ~** बड़े पैमाने पर, ~ of pay वेतन-मान, 3 (लंबाई, चौड़ाई आदि का) अनुपात; to ~ नियत अनुपात से (बड़ा या छोटा करके), पैमाने के अनुसार; **to draw sth to ~** पैमाने के अनुसार किसी चीज़ का नक्शा बनाना; The ~ is an inch to the mile मापानुपात: इंच=मील; 4 मापनी, मापक, पैमाना, मापदण्ड; 5 *mus* स्वरग्राम, सरगम; *vt* 1 (सीढ़ी से या अन्यथा) चढ़ना; फाँदना, पार करना [to ~ a mountain, wall, etc], 2 नियत अनुपात से बनाना, पैमाने के अनुसार बनाना [to ~ a map]; 3 **to ~ (wages) up, down** अनुपात से (मज़दूरी) बढ़ाना, घटाना

scalene स्कैलीन *a* & *n* 1 विषमबाहु [~ triangle]; 2 ~ muscle पसली और रीढ़ को जोड़ने वाली मांसपेशी; *n* 1 विषमबाहु त्रिभुज, 2 = ~ muscle (see above)

scallion स्कैलिअन *n* प्याज (की एक लंबोतरी किस्म)

scallop स्कैलप, **sco-**, स्कॉलप *n* & *vt* 1 घोंघा, शंख, कंबु, 2 (घोंघे आदि पकाने की) कड़ाही; 3 in *pl* अर्द्धवृत्त शृंखला-जैसी झालर [skirt with ~s], *vt* अर्द्धवृत्ताकार या नखाकार झालर लगाना, इसी आकार में किनारा तराशना

scallywag स्कैलिवैग, **scallawag** स्कैलवैग = scalawag (*q.v.*)

scalp स्कैल्प *n* & *vt* 1 केशसहित सिर की खाल, शिरोवल्क, 2 चाँद, 3 खोपड़ी, 4 पहाड़ की वृक्षरहित गोल चोटी, नंगी चोटी; *vt* 1 (किसी की) खोपड़ी की खाल उतारना, 2 घोर आलोचना करना

scalpel स्कैल्पल *n* (शल्यचिकित्सक की) छुरिका, नश्तर

scalpriform स्कैल्प्रिफ़ॉर्म *a* (of incisor teeth) छैनी-जैसा

scaly स्केलि *a* (f. scale^{1}) 1 (of skin etc) शल्कमय, शल्की, पपड़ीदार, 2 (of metal) जिस पर जंग की पपड़ी जम गई हो, मोरचेदार, (of boiler) जिसके अन्दर मैल जम गई हो, मैलयुक्त

scammony स्कैमनि *n* विरेचक राल (देने वाला पौधा-विशेष), साक मुनियाँ

scamp^{1} स्कैम्प *n* (*derog.*, or *joc*) बदमाश, पाजी, धूर्त, दुष्ट

scamp^{2} *vt* लापरवाही से (काम) करना, कच्चा काम करना

scamper स्कैम्पर *vi* & *n* 1 (डरे हुए जानवर या खेलते हुए बच्चे की तरह) बेतहाशा भागना, सिर पर पैर रख कर भागना, रफ़ूचक्कर होना, 2 जल्दी-जल्दी यात्रा करना [to ~ **through India** etc]; जल्दी से पढ़ जाना [to ~ **through Dickens**]; *n* भाग-दौड़, दौड़ा-दौड़ी, 3 द्रुतयात्रा; द्रुत अध्ययन

scan स्कैन *vt* & *i* (-nn-) 1 मात्राएं या वर्ण गिन कर छन्द (के चरण) का परीक्षण करना, छन्द-मात्रा गिनना, 2 लय के साथ पढ़ना, 3 *vi* छन्द ठीक होना [This line does not ~], 4 क्रमश: हर एक भाग पर नज़र डालना, एक सिरे से दूसरे सिरे तक ध्यानपूर्वक देखना, चारों तरफ़ नज़र दौड़ाना [to ~ the face, horizon, etc]; जल्दी से पढ़ जानां [to ~ the newspaper], 5 (Television) प्रसारण से पहले चित्र को प्रकाश और छाया में विश्लेषित करना, वर्णक्रम-वीक्षण करना, 6 (radar) (प्रदेश पर) विद्युत्-विकिरण फेंकना या डालना

scandal स्कैन्डल *n* 1 अन्याय या अत्याचार या बेईमानी आदि कोई ऐसी बात जिससे बदनामी हो, बदनामी की बात, बेशरमी की बात, बहुत बुरी बात, बुरा उदाहरण [It is a ~ that the prisoner was allowed to escape], 2 बदनामी, निन्दा, लोकापवाद, जनापवाद, प्रवाद [She left her husband and created a ~ in the village]; 3 परोक्षनिन्दा, चुग़ली [to talk ~], 4 *law* अदालत में की गई बदनामी, अपमानजनक बयान, कलंक, लांछन, **~-monger** चुग़लख़ोर, गप्पी

scandalize स्कैन्डलाइज़ *vt* 1 चोट या आघात पहुंचाना, जी दुखाना, 2 किसी की (सदाचार य शिष्टता या औचित्य-संबंधी) भावनाओं को

पहुंचाना [He ~d the audience by uttering profanities]

scandalous स्कैन्डलस *a* 1 बदनामी का, बेशरमी का; निन्दाजनक, लज्जाजनक, 2 (of statement) अपमानजनक, मानहानिकर, कलंकात्मक, लांछनात्मक

Scandinavian स्कैन्डि-नेविअन *a* & *n* स्कैन्डिनेविया (*i.e.* Denmark, Norway, Sweden & Iceland) का (निवासी); इन देशों की भाषाओं का (वर्ग), स्कैन्डिनेवियाई

scansion स्कैन्शन *n* (f. scan) छन्दपरीक्षण

scansorial स्कैन्सॉरिअल *a* (of birds, their feet, etc) चढ़ने वाला, आरोही, वृक्षारोही; चढ़ने के लिए बना हुआ, आरोहणार्थ

scant स्कैन्ट *a* (in some phrases only) बहुत कम, अत्यल्प, मामूली [~ courtesy, regard, respect]; ~ of speech बहुत कम बोलने वाला; ~ of breath हांफता हुआ; जो जल्दी हांफने लगे

scantily स्कैन्टलि *adv* (f. scanty) अपर्याप्त रूप से [~ dressed]; **scantiness** *n* कमी, अल्पता, अपर्याप्तता

scantling स्कैन्ट्लिङ्ग *n* 1 *arch* अल्पमात्रा, (रसद आदि की) आवश्यक मात्रा, 2 छोटी और पतली कड़ी (जिसकी मोटाई और चौड़ाई पांच इंच से कम हो), वत्ता; 3 (कड़ी आदि की) मोटाई और चौड़ाई, माप, कड़ो-चिरान [to have a ~ of 2 by 4 inches]

scanty स्कैन्टि *a* 1 थोड़ा, कम, अल्प, जो मुश्किल से काफ़ी हो, अपर्याप्त (opp. ample) [~ meal, income], 2 (of garment) तंग, छोटा-सा [a ~ bathing dress]

scape स्केप *n* 1 *bot* डंडी जिस पर फूल या फल लगता है और पत्ते नहीं लगते, पुष्पदण्ड, 2 *entom* स्पर्शशृंगिका का मूल (see antenna); पंख की डंडी

scapegoat स्केपगोट *n* (Old *Testament*) यहूदी पुरोहित द्वारा लोगों के पाप लाद कर छोड़ा हुआ बकरा; असली दोषी के बजाय दोषी ठहराया गया कोई व्यक्ति, बलि का बकरा; **to make s.o a ~** दूसरों के दोष किसी के मत्थे मढ़ना, किसी को बलि का बकरा बनाना

scapegrace स्केपग्रेस *n* 1 बेवकूफ़, बुद्धू, 2 अभागा बच्चा (जिस पर कोई न कोई मुसीबत आती रहे)

scaphoid स्कैफ़ॉइड *a* & *n* (*anat*) नाव के आकार का, किश्तीनुमा, नौकाभ [~ bone]; *n* नौकाभ, नौकास्थि (जैसी कि कलाई और टख़ने में होती है)

scapula स्कैप्यूला *n* (*pl* -**ae**) कंधे की हड्डी, स्कंधास्थि, अंसफलक

scapular स्कैप्युलर *a* & *n* स्कन्धास्थि का, अंसीय, ंसफलकीय, ~ **feathers** पंखमूल के निकट उगने ने पर, अंस-पिच्छ, *n* 1 (पादरी के) कंधों पर ओढ़ने का छोटा चोगा, स्कन्धवस्त्र, 2 कंधे के लिए पट्टी, कंध-पट्टी, 3 =scapulary

scapulary स्कैप्युलरि *n* 1 (पादरी का पद-सूचक) स्कन्धवस्त्र, 2 (of bird) स्कन्धपिच्छ

scar^1 *n* & *vt* & *i* (-rr-) 1 घाव या फोड़े या जले का निशान, क्षतचिन्ह, व्रणचिन्ह, दाग़, 2 *fig* (शोक, अपमान आदि की) शेष स्मृति, दिल के दाग़, 3 फल या पत्ते के गिर जाने पर पौधे पर बना निशान, वृन्तक; *vt* (त्वचा पर) दाग़ डालना, क्षतचिन्ह बनाना; *vi* (of wound) भर जाना, पर पपड़ी आना

scar^2 स्कार, **scaur** स्कॉर *n* खड़ी चट्टान, प्रपात

scarab स्कैरब *n* 1 (प्राचीन मिस्र में पवित्र माना जाने वाला) गुबरैला, 2 गुबरैले के आकार में तराशी हुई मणि, स्कैरब

scarce स्केॅअर्स *a* 1 (usu of food, money or other necessaries of life) ज़रूरत से कम, थोड़ा, अपर्याप्त, 2 दुर्लभ, दुष्प्राप्य [a ~ book]; **3 to make oneself ~** (*colloq*) चुपके से चल देना, चंपत होना, दूर होना; **scarcely** *adv* = hardly 2, 3, 4; ~**ness** *n* =scarcity

scarcity स्केॅअर्सिटि *n* 1 कमी, अपर्याप्तता, अभाव [~ of food, rain], 2 दुर्लभता, दुष्प्राप्यता [~ of labour]

scare^1 स्केॅअर *n* 1 (झूठा) डर (वि० युद्ध, आक्रमण या महामारी आदि का डर), आतंक, घबराहट (to create a ~], 2 हौआ, जूजू, 3 (*colloq*) to give s.o. a ~ डरा देना, चौंका देना [You gave me a ~]; 4 ~**-headline** *or* **heading** सनसनीदार शीर्षक, ~**-monger** घबराहट या सनसनी फैलाने वाला

scare^2 *vt* 1 डराना, चौंकाना; to ~ s.o. **away** डरा कर भगा देना; **2 to be ~d to death** अति भयभीत होना, डर के मारे खून खुश्क होना; **to be ~d out of one's wits** बहुत डर जाना, डर के मारे होश गुम होना; 3 दूर रखना, पास फटकने न देना [to ~ birds **away, to ~ birds from crops**]

scarecrow स्केॅअर्क्रो *n* 1 पक्षियों को डराने के लिए खेत में खड़ा किया हुआ पुतला, बिजूखा, 2 हौआ, जूजू, 3 दुबला-पतला आदमी, हड्डियों का ढांचा, अस्थिपंजर

scarf^1 स्कार्फ़ *n* (*pl* -**fs**, -**ves**) 1 गले या सिर पर लपेटने का रूमाल, गुलूबन्द, 2 (नेक-)टाई, 3 (पुरुष का पदसूचक) दुपट्टा, कमरबन्द, 4 ~**-skin** त्वचा की सब से ऊपरी परत (जो प्राय: उतरती रहती है), बाह्यत्वचा; ~**wise** (परतले की भांति) तिरछे

scarf^2 *vt* & *n* (लकड़ी या धातु आदि के दो टुकड़ों के सिरों में खांचे बना या उन्हें तिरछा काट कर परस्पर) जोड़ना; *n* 1 खांचा, झिरी, 2 मल्लजोड़, चेलक संधि (also ~**-joint**)

scarification स्कैरि-फ़ि-केशन *n* (f. scarify) *bot* क्षतचिन्ह

scarificator स्कैरिफ़िकेटर *n* एक प्रकार का

नश्तर

scarifier स्कैरिफ़ाइअर *n* **1** मिट्टी को कुरेदने का कृषि-उपकरण, टिंगली, **2** सड़क तोड़ने की मशीन, उपाड़मशीन, उपाड़िया

scarify स्कैरिफ़ाइ *vt* **1** (त्वचा को) खरोंचना, उखाड़ना, उधेड़ना [to ~ the skin], **2** *fig* घोर आलोचना से चोट पहुंचाना [**to ~ an author**], **3** (मिट्टी को) टिंगली से कुरेदना

scarious स्के॑अरिअस *a* (*bot*) झिल्ली-जैसा, झिल्लीनुमा

scarlatina स्कार्लटीन: *n*=scarlet fever (see foll)

scarlet स्कार्‌लिट *n* & *a* **1** सिन्दूरी रंग, लाल रंग, **2** लाल कपड़ा, लाल पोशाक, *a* सिन्दूरी, लाल, लोहित, ~ **fever** संक्रामक ज्वर जिसमें त्वचा पर लाल चकत्ते पड़ जाते हैं, लोहित ज्वर; ~ **rash**= roseola

scarp स्कार्प *n* & *vt* **1** (क़िले के बाहर बनी) खाई की ढाल, कगार, **2** (पहाड़ी आदि की) खड़ी ढाल, *vt* खड़ी ढाल बनाना

scarus स्के॑अरस *n* चमकदार मछलियों की किस्में

scathe स्केद *vt* & *n* झुलस देना, घायल करना (rare exc. in scathing *q.v.*); *n* (usu in *neg* context) चोट, घाव, क्षति, हानि, **without ~** ==scatheless

scatheless स्केद्‌लिस *a* सही-सलामत, अक्षत, सकुशल

scathing स्केदिंग *a* तीखा, कटु, जला-कटा, चुभने वाला, मर्मवेधी [~ criticism, remarks, ridicule, sarcasm]

scatological स्कैट-लॉजिकल *a* (f. foll) **1** गन्दा, गन्दगी से भरा हुआ, **2** अश्लील

scatology स्कै-टॉल-जि *n* **1** गोबर या विष्ठा आदि की जांच, विष्ठाविज्ञान, पुरीष-विज्ञान, **2** अश्लील साहित्य की जांच

scatophagous स्क-टॉफ़गस *a* विष्ठाभोजी

scatter¹ स्कैटर *vt* & *i* **1** बिखेरना, बिखराना, छितराना [to ~ the seed], फैलाना; to ~ the flowers **on** the road, to ~ the road **with** flowers सड़क पर फूल बिखेरना या बिछाना, **2** तितर-बितर करना, मार भगाना, खदेड़ना [to ~ the crowd, enemy, etc], **3** छिन्न-भिन्न करना [to ~ clouds], नष्ट करना [to ~ hopes], **4** (of gun) to ~ the shot गोले छितरा कर फेंकना, **5** *vi* बिखरना, छितराना, फैलना, तितर-बितर होना, (of clouds) छट जाना, **6 ~-brain(ed)** *a* ख़रदिमाग़, बेवकूफ़; जिसका दिमाग़ चकरा गया हो, हक्का-बक्का, बदहवास

scatter² *n* **1** प्रकीर्णन, विकीर्णन, **2** प्रकीर्ण वस्तु, अल्पमात्रा [a ~ of hailstones)

scattered स्कैटर्ड *a* **1** दूर-दूर स्थित, कहीं-कहीं स्थित [~ houses, population], **2** कहीं-कहीं या कभी-कभी मिलने वाला, विरला, छिटपुट [~ instances]; ~ rain छिटपुट वर्षा

scaur स्कॉर *n* खड़ी चट्टान, प्रपात

scavenge स्कैविन्ज *vt* **1** (गलियों की) सफ़ाई करना, बुहारना, **2** (इजन की) कालिख उतारना

scavenger स्कैविन्जर *n* **1** गलियों-सड़कों की सफ़ाई करने वाला, सफ़ाई कर्मचारी, मेहतर, भंगी, **2 मुरदारख़ोर** जीव, **~y** *n* मेहतर का काम, सफ़ाई का काम

scenario सि-नारिओ *n* **1** नाटक की रूपरेखा; विभिन्न दृश्यों और पात्रों का क्रम, **2** (चलचित्र का) कथानक, दृश्य-विवरण, दृश्यलेख, **3** भावी घटनाओं का कल्पित क्रम, **~-writer** दृश्यलेखक; **scenarist** सि-नारिस्ट *n* दृश्यलेखक

scene सीन *n* **1** घटनास्थल, स्थान, मौक़ा [the ~ of the disaster, accident, etc], **2** नाटक के अंग का विभाग, दृश्य, **3** घटना, दृश्य [distressing ~s occurred], **4** दृश्य (का वर्णन), नज़ारा, झांकी [~s of clerical life], **5** नाटक का सचित्र पर्दा, रंगमंच की सज्जा, (*fig*) **behind the scenes** (i) पर्दे के पीछे, (ii) छिपे-छिपे, गुप्त रूप से, **6** आस-पास का स्थान, वातावरण, प्रतिवेश, **change of ~** (वि० यात्रा द्वारा उपलब्ध) नया-नया परिवेश, परिवेश-परिवर्तन, **7** कहा-सुनी, तू-तू—मैं-मैं, तकरार, तमाशा, **to make, create, a ~** झगड़ा खड़ा कर देना, तमाशा बनाना

scenery सीनरि *n* **1** नाटक में प्रस्तुत घटना के वास्तविक स्थल-जैसा दृश्य उपस्थित करने वाले सचित्र पर्दे आदि, मंच-सज्जा, **2** प्राकृतिक दृश्य [mountain ~]; **3 change of ~** = change of scene (see prec)

scenic सीनिक *a* **1** रंगमंच पर किया जाने वाला, रंगमचीय [~ performances], **2** (of effect) नाटकीय, (of picture) घटना को चित्रित करने वाला, **3** सुरम्य, रमणीय, प्राकृतिक सौन्दर्य वाला, **4 scenic railway** (मेलों आदि में) मनोरंजनार्थ रेल

scenography सी-नॉग्रफ़ि *n* इमारत का ऐसा चित्र (न कि नक्शा) बनाना जैसी कि वह दिखाई देती है, यथावत्-चित्रणकला

scent¹ सेॅन्ट *n* **1** सुगन्ध, खुशबू, महक [~ of lavender, rose, hay, etc], **2** इत्र, **3** शिकार के जाने का रास्ता जिसे कुत्ते सूंघ कर जान लेते हैं, गन्ध से पता लगने वाला रास्ता, चिन्ह, निशान, संकेत, पता; **to be on the (right) scent** (शिकार आदि की खोज में) ठीक रास्ते पर होना, (शिकार की) गन्ध पाना; **to put** *or* **throw** (the hounds, s.o.) **off the ~** ठीक रास्ते से हटा देना, गुमराह करना, बहकाना; **to put** s.o. **on a false ~** ग़लत रास्ते पर डाल देना, बहकाना; **4** सूंघ क जान लेने की शक्ति [Some dogs have praccally no ~], *fig* गुण-दोष आदि पहचानने की स्वाभाविक योग्यता, समझ [has a ~ for young talent]; 5 *comb*: ~-**gland** गन्धग्रन्थि (*e.g.* मृग-नाभि की ग्रन्थि जिससे कस्तूरी निकलती है)

scent^2 *vt* 1 सुगंधित करना, महकाना, 2 इत्र लगाना, 3 (of hounds etc) सूंघ कर जान लेना, गंध पाना [to ~ (out) game]; *fig* गन्ध पाना, संकेत पाना, भांपना [to ~ trouble]

scepsis स्के॑प्सिस *n* (दार्शनिक) सन्देह

sceptic स्के॑प्टिक *n* 1 = agnostic, (pop) नास्तिक, 2 सन्देह या शक करने वाला, शक्की आदमी, न मानने वाला, अविश्वासी, संशयात्मा

sceptical स्के॑प्टिकल *a* 1 (किसी बात पर) सन्देह करने वाला, जिसे विश्वास न आये, संशयी, संशयालु, 2 सन्देहात्मक, 3 सन्देहवादी

scepticism स्के॑प्टिसिज़म *n* 1 सन्देह, अविश्वास, अनिश्चय, विचिकित्सा, 2 सन्देहवाद, संशयवाद (see Pyrrhonism)

sceptre से॑प्टर *n* 1 राजत्वसूचक छड़ी, राजदण्ड, 2 राजसत्ता, राजाधिकार

schedule शे॑ड्यूल *n* & *vt* 1 (वि० अभिलेख आदि के अन्त में दी गई) सूची, तालिका, अनुसूची, सारणी, नक्शा, 2 समय-सारणी; नियत समय, **on** ~ ठीक समय पर, **behind** ~ देर से, 3 विभिन्न कार्यों की सूची, कार्यसूची, कार्यक्रम [Everything went off **according** to ~]; *vt* 1 अनुसूची या सारणी बनाना, 2 (वस्तु आदि) अनुसूची या सारणी में लिखना, 3 योजना बनाना, कार्यक्रम नियत करना [He is ~d to make a speech today]

scheduled शे॑ड्यूल्ड *a* 1 अनुसूचीगत, अनुसूचित [~ castes, tribes], 2 ~ time नियत समय, ~ **flight**, **meeting**, etc नियत उड़ान, बैठक आदि

schema स्कीमः *n* (*pl* ~**ta**), 1 रूपरेखा, ख़ाका, 2 रेखाचित्र, आरेख, नक्शा, 3 प्रस्तावित विन्यास, योजना, 4 वर्ग का सर्वसामान्य तत्त्व

schematic स्की-मैटिक *a* 1 रूपरेखामात्र, संक्षिप्त, 2 योजनाबद्ध, 3 रेखाचित्रवत्, प्रतीकात्मक; **schematism** स्कीमटिज़म *n* योजनाबद्ध विन्यास या चित्र

schematize स्कीमटाइज़ *vt* 1 रूपरेखा बनाना, 2 रेखाचित्र बनाना, 3 वर्गबद्ध करना

scheme स्कीम *n* & *vi* & *t* 1 योजना, परियोजना, उपयोजना [~ **of** action, ~ **for** a canal], 2 विन्यास, **colour** ~ वर्ण-विन्यास; 3 (ग्रन्थ आदि की) रूपरेखा, संक्षिप्त विवरण, संक्षेप, 4 बुरी योजना, चाल, षड्यन्त्र, *vi* षड्यन्त्र रचना; [to ~ **to do** sth; to ~ **for** sth]; *vt* (कार्य की) योजना बनाना; ~**r** *n* षड्यन्त्रकारी; **scheming** *a* साँठ-गाँठ करने वाला, षड्यन्त्रकारी

schism सिज़म *n* 1 मतभेद होने के कारण कुछ लोगों का संप्रदाय या पन्थ से अलग हो जाना, अलहदगी, संबंध-विच्छेद, फूट, 2 विच्छेद करने का अपराध, 3 एक ही समुदाय के परस्पर विरोधी-दल बनाना, दलबन्दी, गुटबन्दी, 4 (समुदाय से अलग हुआ) दल, गुट

schismatic सिज़्-मैटिक *a* & *n* फूट डालने वाला, विच्छेदकारी, *n* मतभेद रखने वाला (व्यक्ति), संप्रदाय से अलग हुए दल का सदस्य

schismatical सिज़्-मैटिकल *a* = prec.

schist शिस्ट *n* परतदार या स्तरित चट्टान; ~**ose** *a* परतदार, स्तरित

schizophrenia स्किट्सो-फ़्रीनिअ *n* मन का द्वैधीभाव, द्वैधमनस्कता, लगभग उन्माद; **schizophrenic** स्किट्सो-फ़े॑निक *a* द्वैधमनस्क

scholar स्को॑लर *n* 1 (वि० वृत्तिभोगी) छात्र, छात्रा, विद्यार्थी, 2 विद्योपार्जन में लगा हुआ व्यक्ति, पढ़ने-लिखने का शौक रखने वाला आदमी [at 70 he was still a ~], 3 विद्वान्, पंडित, भाषा या साहित्य का मर्मज्ञ; **a ~ and a gentleman** विद्वान् एवं सज्जन

scholarly स्को॑लर्लि *a* 1 विद्वान्, पंडित, विदुषी, पंडिता [a ~ person], 2 विद्वत्तापूर्ण, पांडित्यपूर्ण [a ~ **work**], 3 विद्वानों या पंडितों जैसा, पंडितोचित

scholarship स्को॑लर्शिप *n* 1 छात्रवृत्ति, 2 विद्वत्ता, पांडित्य

scholastic स्क-लैस्टिक *a* & *n* 1 विद्यालय या विश्वविद्यालय का [a ~ education]; 2 शिक्षा-संबंधी, अध्यापन का [~ profession]; 3 अध्यापकों का [~ attire), 4 पांडित्यपूर्ण, पंडिताऊ, 5 शास्त्रीय, सैद्धान्तिक; ~ **theology** (वि० ईसाई) धर्म के सूक्ष्म सिद्धान्तों का प्रतिपादन, 6 ~ **agency** अध्यापकों के लिए नौकरी तलाश करने वाली संस्था, शिक्षक-रोज़गार अभिकरण; *n* अध्यापक, शिक्षक

scholiast स्कोलिऐस्ट *n* (f. foll) टीकाकार, भाष्यकार (see foll)

scholium स्कोलिअम *n* (*pl* -**ia**), (ग्रीक, लैटिन आदि के ग्रन्थों पर व्याकरण-संबंधी) टीका, भाष्य

school^1 स्कूल *n* 1 पाठशाला, विद्यालय, स्कूल, to keep a ~ निजी स्कूल चलाना, 2 स्कूल (का भवन); 3 स्कूल के छात्र [the whole ~ knows], 4 पढ़ाई का समय [S~ begins at 10 a.m., is over at 4 p.m.], 5 शिक्षा; **to go to** ~ (i) आरंभिक स्कूल में दाख़िल होना, पहले-पहल स्कूल जाना, शिक्षा आरंभ करना, (ii) पढ़ने जाना, स्कूल जाना [He need not go to ~ today]; **to leave** ~ शिक्षा समाप्त करना; 6 शिक्षा देने वाली परिस्थितियां, जिस बात से कोई कुछ सीखे [in the ~ of adversity], 7 (*hist of philos*) **the schools** यूरोप के मध्ययुगीन विश्वविद्यालय, इन में पढ़ाया जाने वाला दर्शनशास्त्र, मध्ययुगीन दर्शन; 8 **school of thought** विचारधारा, मत, संप्रदाय, शाखा, पन्थ; the six ~s of Indian philosophy षड्दर्शन (*i.e.* सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा और वेदान्त), 9 *art* शैली [the Italian ~], शैली-विशेष के अनुयायी; 10 *comb*: ~**boy** स्कूली

लड़का या छात्र, **~-day** पढ़ाई का दिन, स्कूल (खुले होने) का दिन; **~-days** विद्यार्थी-जीवन; **~master** (स्कूल का) अध्यापक, **~mistress** अध्यापिका, **~teacher** अध्यापक, अध्यापिका

school² *vt* 1 शिक्षा देना, पढ़ाना-लिखाना, सिखाना, 2 प्रशिक्षित करना, ट्रेनिंग देना, अनुशासन सिखाना [~d in adversity]

school³ *n* & *vi* (मछलियों का) झुंड, झुरमुट (=shoal *q.v.*); *vi* इकट्ठा होना, जमा होना

schoolable स्कूल-बल *a* (आयु के विचार से अनिवार्यत:) स्कूल जाने या भेजने योग्य

schooner स्कूनर *n* दो या अधिक मस्तूलों वाला जहाज़, स्कूनर

sciagram, -graph साइअ-ग्रैम, -ग्राफ़ *nn* एक्स-रे चित्र

sciagraphy साइ-ऐग्रफ़ि *n* 1 एक्स-रे से चित्र बनाना, एक्स-रे-चित्रण, 2 रेखाचित्र में छाया भरना

sciatic साइ-ऐटिक *a* 1 कूल्हे का, नितंब का, **~ artery** नितंब-धमनी; **~ nerve** वस्ति (pelvis) से रान तक जाने वाली तंत्रिका (जो कि शरीर की सबसे बड़ी तंत्रिका है); नितंब-तंत्रिका, 2 नितंब-तन्त्रिका का, 3 गृध्रसी-पीड़ित (see foll)

sciatica साइ-ऐटिक: *n* नितंब-तन्त्रिका की पीड़ा, गृध्रसी

science साइअन्स *n* 1 विज्ञान, शास्त्र, विद्या; **applied ~** प्रयोगार्थ विज्ञान, व्यावहारिक विज्ञान, 2 कौशल, चतुराई, कारीगरी, 3 **~ fiction** (अन्तरिक्ष यात्रा-संबंधी) विज्ञान-कथाएं

sciential साइ-ऍन्शल *a* 1 विज्ञान का, विज्ञान-संबंधी; 2 विज्ञानवेत्ता, विज्ञानविद्

scientific साइअन्-टिफ़िक *a* 1 विज्ञान पर आधारित, वैज्ञानिक [~ method], 2 विज्ञान का, विज्ञान-सबंधी, वैज्ञानिक [~ books, discoveries, terminology]

scientist साइअन्टिस्ट *n* विज्ञानवेत्ता, वैज्ञानिक, विज्ञानी

scilicet साइलि-सॅट *adv* अर्थात्, यानी [L *abbr* sc.]

scimitar सिमिटर *n* वक्र कृपाण, शमशीर

scintilla सिन्-टिल: *n* 1 स्फुलिंग, चिनगारी, 2 अल्प मात्रा, अणु, कण, लव, लेश [not a ~ of evidence, truth]

scintillate सिन्टिलेट *vi* 1 चिनगारी छोड़ना, स्फुलिंग निकलना, 2 चमकना, जगमगाना, झिलमिलाना, टिमटिमाना, *fig* देदीप्यमान होना, अद्भुत या शानदार होना; मज़ेदार बातें करना या सुनाना; **scintillation** *n* स्फुरण, टिमटिमाहट

sciolism साइअ-लिज़म *n* विद्वत्ता का ढोंग, अल्पज्ञता, पल्लवग्राहिता

sciolist साइअ-लिस्ट *n* विद्वत्ता का ढोंग करने वाला, अल्पज्ञ, पल्लवग्राही

scion साइअन *n* 1 टहनी, अंकुरसहित डाली, कलम, 2 वंशज, संतान [~ of a noble family]

scirrhous सिरस *a* (f. foll) कड़ी रसौली का

scirrhus सिरस *n* (कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में) कड़ी रसौली

scissel सिसल *n* 1 धातु की कतरन; 2 सिक्के काट लेने के बाद बची धातु की पट्टी

scissile सिसाइल *a* जिसे काटा जा सके, कर्तनीय

scission सिशन *n* 1 (तेज़ औज़ार से) काटना, काटा जाना, विखण्डन, 2 (दल या मंडली में) फूट

scissor सिज़र *vt* कैंची से काटना या कतरना [to ~ off, up, into, etc]; to ~ out (अख़बार आदि से) काट लेना

scissors सिज़र्ज़ *n pl* (oft. **a pair of ~**) कैंची, कतरनी, to work with ~ **and paste**: दूसरों के लेखों से काट-छांट करके लेख तैयार करना; **~ and paste production** इस प्रकार तैयार की गई रचना, कैंची और लेई का काम

sciurine साइ-युअ-राइन *a* गिलहरी-जाति का, गिलहरी-जैसा

sclera स्क्लिअर: *n* आंख का श्वेत पटल

sclerosis स्क्लिअ-रोसिस *n* ऊतक का कड़ा होना, ऊतक-काठिन्य

sclerotic स्क्लिअ-रॉटिक *a* & *n* जिसके ऊतक कड़े हो गये हों, कड़ा, दृढ़ीकृत; *n*=sclera

sclerous स्क्लिअ-रस *a* (of tissue) कड़ा, कठोर, हड्डी-जैसा

scobs स्कॉब्ज़ *n* 1 बुरादा, 2 मैल (=dross)

scoff स्कॉफ़ *n* & *vi* 1 उपहास, मज़ाक, हंसी, ठठोली, व्यंग्य, 2 उपहास-पात्र [the ~ of the town]; *vi* मज़ाक उड़ाना [to ~ at s.o., religion, etc]; **~er** *n* मज़ाक उड़ाने वाला, उपहासकर्ता

scold स्कोल्ड *vt* & *i* & *n* 1 डांटना, डपटना, फटकारना [to ~ s.o. (for sth)], 2 *vi* क्रोध-पूर्वक चिल्लाकर बोलना; *n* झगड़ालू स्त्री, लड़ाकी औरत, कर्कशा; **scolding** *n* डांट, फटकार, झिड़की

scoliosis स्कॉलि-ओसिस *n* मेरुदण्ड का दायीं या बायीं ओर वक्र होना, पार्श्वकुब्जता

scolopendra स्कॉल-पॅन्ड्र: *n* कनखजूरा; **scolopendrine** *a* कनखजूरे का, कनखजूरे-जैसा

sconce¹ स्कॉन्स *n* 1 (हत्थीयुक्त) बत्तीदान, 2 दीवार में लगा बत्तीदान, दीवारगीर

sconce² *n* (दर्रे के निकट) किला, दुर्ग

scone स्कोन *n* एक प्रकार का केक

scoop स्कूप *n* & *vt* 1 कलछा, कलछी, डोई, 2 कलछी से निकालने या उठाने की क्रिया [at one ~], 3 (कोयला आदि ढेर से निकालने का) बेलचा, 4 *sl* एक दम कमाया हुआ तगड़ा मुनाफ़ा, 5 ख़ास ख़बर (जो अन्य अख़बारों को अभी न मिली हो), अनन्य समाचार; *vt* 1 कलछी से निकालना या उठाना, 2 खोखला या पोला करना [to ~ out a hole in the mud-wall]; खोदना [to ~ out the earth,

3 बेलचे से (कोयला आदि) उठाना [to ~ up], 4 (तगड़ा मुनाफ़ा) कमाना [to ~ a large profit]; 5 (समाचार) औरों से पहले प्राप्त करना

scoot स्कूट *vi* लपकना, दौड़ना, भाग जाना

scooter स्कूटर *n* मोटर-साइकिल-जैसी गाड़ी. स्कूटर

scope स्कोप *n* 1 क्षेत्र, (क्षेत्र का) विस्तार, undertaking of wide ~ लम्बा-चौड़ा उद्योग; 2 (कार्यक्षेत्र, कार्यक्षमता, की) सीमा, हद, दायरा, पहुंच [That is beyond my ~], 3 (of gunfire) मार, पहुंच, 4 गुंजाइश, अवसर, मौका [to give s.o. ~ for his abilities; to seek ~ for one's energies], स्वतंत्रता, खुली छुट्टी [to have full (*or* free) ~ to act]

scorbutic स्कॉर्ब्यूटिक *a* & *n* स्कर्वी-रोगग्रस्त; *n* स्कर्वी-रोगी (see scurvy)

scorch स्कार्चं *vt* & *i* & *n* 1 ऊपर से थोड़ा जलाना, काला कर देना, झुलसाना, झुलसना, 2 *vi* थोड़ा जल जाना, काला पड़ जाना, झुलस जाना, 3 (*sl*) of motorist etc बेहद तेजी से जाना; 4 **scorched earth policy** इलाका छोड़ने से पहले फ़सलें तथा अन्य शत्रु-उपयोगी सामान नष्ट कर देना जिससे कि शत्रु उनसे लाभ न उठा सके; इलाका उजाड़ने की नीति, सर्व-स्वाहा नीति; *n* झुलसने का निशान, झुलसन; **~er** *n* (*colloq*) बहुत गरम दिन

scorching स्कार्चिङ्ग *a* 1 झुलस देने वाला [~ heat]; 2 मर्मवेधी [~ criticism]

score[1] स्कॉर *n* 1 (on skin) खरोंच, लकीर-जैसा निशान [the ~s of the whip showed on his back]; (on rock) लकीर, दरार, कटाव, 2 (गाहक के नाम के सामने क्रमश: लकीरें खींच कर रखा गया) चालू खाता, हिसाब; **to pay one's ~** बिल अदा करना, हिसाब चुकता करना; **to pay off old ~s** पुराने वैर का बदला लेना, 3 (खेल में प्राप्त) अंक, स्कोर [He made a good ~]; **to keep (the) ~** अंक या स्कोर लिखना, 4 *mus* स्वरलिपि, 5 बीस, कोड़ी; **scores** बड़ी संख्या, बीसियों [~s of people], 6 विषय, बात, मामला [Have no fears **on that** ~], 7 कारण, हेतु [He was rejected on the ~ of ill-health]; 8 **score-board** अंक-पट्ट, अंक-फलक

score[2] *vt* & *i* 1 खरोंचना, निशान बनाना, 2 लकीर खींचना, to ~ **out** words (लकीर खींचकर) शब्द काट देना; to ~ **under** अधोरेखांकित करना, 3 के हिसाब में चढ़ाना [to ~ an item **against** a customer]; *fig* (किसी का अपराध आदि) नोट कर लेना (ताकि बाद में उसका बदला लिया जा सके) [That remark has been ~d against you], 4 (games) अंक या स्कोर लिखना; अंक बनाना, to ~ a goal गोल करना; 5 **to ~ (a success)** सफल होना, जीतना; 6 *vi* अंक बनाना [He failed to ~]; दूसरों की अपेक्षा अच्छी स्थिति में होना, बढ़-चढ़कर होना [That is where he ~s], 7 *mus* स्वरलिपि तैयार करना

scorer स्कॉरर *n* 1 स्कोर लिखने वाला, गणक; 2 रन करने वाला, गोल करने वाला [He was the top ~]

scoria स्कॉरिअ *n* (*pl* ~e) 1 छिद्रिल लावा, लावा के टुकड़े, 2 धातुओं की मैल (=dross)

scorify स्कॉरिफ़ाइ *vt* 1 धातु को गला कर मैल अलग करना, 2 (कीमती धातु की) परख करना

scorn स्कॉर्न *n* & *vt* 1 घृणा, नफ़रत, अवज्ञा, **to think ~ of s.o.** किसी से घृणा करना, तुच्छ समझना; 2 **to laugh s.o.** *or* **sth to ~** का उपहास करना, 3 घृणा का पात्र [He is the ~ of his friends, a ~ to the neighbours], *vt* घृणा करना [to ~ a smuggler]; परवाह न करना, उपेक्षा करना [to ~ s.o.'s advice]; शान के ख़िलाफ़ समझना [to ~ **to do, doing,** sth]; **scornful** *a* 1 घृणा करने वाला [~ful of worldly pleasures]; 2 घृणापूर्ण, घृणात्मक

Scorpio स्कॉर्पिओ *n* वृश्चिक (राशि)

scorpion स्कॉर्पिअन *n* बिच्छू, वृश्चिक

scot[1] स्कॉट *a* 1 *hist* कर, टैक्स, 2 **~-free** जिसे कुछ अदा न करना पड़े, (usu) बिना दण्ड पाये, सही-सलामत [**to go, get off, ~-free**]

Scot[2] *n* स्काटलैंड का निवासी, स्काट

Scotch[1] स्कॉच *a* & *n* स्काटलैंड का, स्काटलैंड-निवासियों का, **~man** स्काटलैंड का पुरुष; **~-woman** स्काटलैंड की स्त्री *n* 1 **the S~** स्काटलैंड की भाषा (जो अंग्रेज़ी की उपभाषा है), स्काच, 2 स्काटलैंड की ह्विस्की

scotch[2] *vt* & *n*; 1 *vt* (*arch*) घायल करना, बेकार या नाकारा कर देना (परन्तु मार न डालना), 2 विफल कर देना, ख़तम कर देना [to ~ a project], 3 दबा देना [to ~ **rumours**]; *n* गहरा घाव, चीर

scotch[3] *n* & *vt* (गाड़ी को ढलान पर रोक रखने के लिए पहिये के आगे रखा जाने वाला) गुटका, रोक; *vt* (पहिये के आगे) गुटका या रोक लगाना

scoter स्कोटर *n* बड़ी समुद्री बत्तख़

scotia स्कोश: *n* (*archit*) (वि० स्तंभ के मूल के निकट) नतोदर गढ़न, अवतल सज्जापट्टी

Scotland Yard स्कॉटलैंड यार्ड *a* 1 लन्दन की ख़ुफ़िया पुलिस; 2 उसका प्रधान कार्यालय

scotoma स्क-टोम: *n* (*path*) कहीं-कहीं धुंधला (या न) दिखाई देना, तमोबिन्दु

Scotsman स्कॉट्स्मन् *n* =Scotchman; **Scotswoman** =Scotchwoman; **Scottish** *a* = Scotch *a*

scoundrel स्काउन्ड्रल *n* बदमाश, लुच्चा, दुष्ट; **a regular ~** पक्का बदमाश; **~ly** *a* बदमाशों का-सा

scour[1] स्काउअर *vt* & *n* 1 (बर्तन आदि) रगड़ कर

चमकाना, मांजना, 2 साबुन लगाकर (कपड़ा) धोना, 3 पानी की धार बहा कर (मोरी आदि) साफ़ करना या धो डालना, 4 (of drug) पेट साफ़ करना, 5 (of river) (किनारों को) काटना, 6 to ~ **sth off, away** रगड़ कर (ज़ंग) छुड़ाना [to ~ the rust off], (दाग़) मिटाना (also *fig*) [to ~ the stain off]

scour^2 *n* 1 मंजाई, अभिमार्जन, 2 (हौज़ या टंकी की) सफ़ाई; 3 तेज़ प्रवाह की (नहर को) साफ़ करने की शक्ति [the ~ of the tide], नहर की सफ़ाई; किनारों को काटने की शक्ति; किनारों का कटाव, 4 (पशुओं का) अतिसार

scour^3 *vi & t* 1 गश्त लगाना, चक्कर लगाना, (तलाश में) फिरना [to ~ **after** s.o., sth], 2 *vt* तेज़ी से छान डालना [to ~ the plains, woods]

scourge स्कर्ज *n & vt* 1 लोगों को दंड देने का कोड़ा; 2 ईश्वरीय दंड का साधन (*e g.* epidemic, war, etc), अभिशाप, आपत्ति, आफ़त, बला; 2 अभिशाप स्वरूप व्यक्ति, बला, *vt* दण्ड देना, कष्ट देना, तंग करना

scout^1 स्काउट *n & vi* 1 *mil* शत्रु या उस के इलाके के बारे में जानकारी प्राप्त करने वाला आदमी, जासूस, गुप्तचर, 2 जासूसी, गुप्तचर्या [**to be, go, on the** ~], 3 टोह लगाने वाला जहाज़, 4 **boy scout** चरित्र-निर्माण करने वाली संस्था-विशेष का सदस्य, बालचर; *vi* to ~ **about** (*or* **around**) **for s.o., sth** की तलाश में फिरना, खोजना

scout^2 *vt* ठुकरा देना [to ~ a proposal]

scow स्काउ *n* चपटे पेंदे की नाव

scowl स्काउल *vi & n* 1 त्योरी चढ़ाना, नाक-भौं चढ़ाना, क्रोधपूर्वक देखना [to ~ **at, on,** s.o.], *n* क्रोधभरी दृष्टि

scrabble स्क्रैबल *vi* 1 खुरचना, खुरच कर बटोर लेना, 2 ढूंढना, टटोलना [to ~ about]

scrag स्क्रैग *n & vt* (-gg-) 1 दुबला-पतला आदमी या जानवर, हड्डियों का ढांचा, 2 भेड़-बकरी (के मांस) की गर्दन, गर्दन का मांस; 3 *sl* आदमी की गर्दन, *vt* गर्दन पकड़ना या मरोड़ना; *sl* मार डालना; ~**gy** *a* दुबला-पतला

scramble स्क्रैम्बल *vi & t & n* 1 (ऊबड़-खाबड़ जगह या खड़ी ढलान पर) हाथ-पांव से चढ़ना [to ~ **up** a hill], 2 रेंगना, घिसटना [to ~ **through** sth], 3 कोई वस्तु अधिकाधिक पाने के लिए औरों के साथ संघर्ष करना, छीना-झपटी करना, धक्कम-धक्का करना या होना [to ~ **for** sth], 4 *vt* सिक्के बिखेरना या लुटाना (जिससे लोग छीना-झपटी करके उन्हें उठाएं) [to ~ coins]; 5 बिना सोचे-समझे मिला देना, गड्डमड्ड करना, व्यामिश्रण करना, 6 जल्दी से या अनाड़ीपन से निपटाना [to ~ away, through, etc]. 7 (अंडों को) कड़ाही में तोड़कर उन्हें तनिक हिला-हिला कर पकाना; 8 (टेलिफ़ोन-वार्ता) अन्य लोगों के लिए अबोधगम्य बना देना, अस्फुट बनाना; *n* 1 हाथ-पांव से आरोहण, 2 **the ~ for office** पदों के लिए छीना-झपटी, होड़ा-होड़ी; the ~ for a living जीविका के लिए संघर्ष

scrap^1 स्क्रैप *n* 1 टुकड़ा, अंश, लेश, रत्ती-भर [not a ~ of evidence], ~ **of paper** काग़ज़ का टुकड़ा-मात्र, *fig* संधि या करार जिसका पालन करने का इरादा न हो, 2 (पुस्तक या अख़बार से) काटे हुए चित्र या लेख, कतरन, 3 in *pl* बची-खुची बेकार चीज़ें, 4 धातु की छीलन या कतरन (जो दुबारा काम में लाई जा सके) [~-metal, ~-iron; See below], 5 *comb*: ~**-book** कतरन-(चिपकाने का) रजिस्टर; ~-heap रद्दी चीज़ों का ढेर; ~**-metal** रद्दी धातु, ~**-iron** रद्दी लोहा (जिसे दोबारा काम में लायां जाता है)

scrap^2 *vt* (-pp-) 1 रद्दी के ढेर पर फेंकना, 2 रद्दी या बेकार या निकम्मा ठहराना [to ~ ships, supplies, etc]; 3 छोड़ देना, हटाना [to ~ a project, theory]

scrap^3 *n & vi* (*sl*) लड़ाई-झगड़ा (करना)

scrape^1 स्क्रेप *vt & i* 1 (औज़ार से) हमवार करना, चिकना करना, 2 खुरचना [to ~ one's shin]; खुरच कर साफ़ करना, उखाड़ना [to ~ off the paint]; to ~ the ship's bottom जहाज़ के तले से चिमटे हुए जीव-जन्तुओं को हटाना; to ~ one's chin दाढ़ी बनाना, हजामत बनाना; to ~ one's plate (सब कुछ चाटकर) प्लेट या थाली साफ़ कर देना, सब कुछ चट कर जाना, 3 रगड़ना, रगड़ने की आवाज़ पैदा करना, to ~ one's feet (along the floor) फ़र्श पर पैर रगड़ना (जिससे कि वक्ता की आवाज़ न सुनाई दे); to ~ s.o. **down** फ़र्श पर पैर रगड़ कर वक्ता को चुप करा देना; 4 मितव्ययिता से थोड़ा-थोड़ा करके जोड़ना, कौड़ी-कौड़ी जोड़ना [I must ~ **up** enough for building a house]; **to ~ a living** जैसे-तैसे निर्वाह करना, निर्वाह-मात्र के लिए कमा पाना; 5 **to ~ acquaintance with** s.o. अनिच्छुक व्यक्ति से थोड़ी-बहुत जान-पहचान पैदा कर लेना; 6 *vi* तनिक छू जाना [Branches that ~ **against** the window]; किसी वस्तु से रगड़ खाते हुए जाना, घिसटना [to ~ **against, along,** the wall], to ~ **through** जैसे-तैसे बच निकलना, बाल-बाल बचना; **to ~ through (the exam.)** मुश्किल से पास होना

scrape^2 *n* 1 घसीट, a ~ of the pen कलम की घसीट; घसीट कर लिखे हुए दो-एक शब्द, 2 रगड़, रगड़ने की आवाज़, खड़खड़ाहट; 3 मुसीबत, परेशानी [**to get into a ~**]

scrapings स्क्रेपिङ्ग्ज़ *n pl* 1 खुरचन, छीलन; 2 कौड़ी-कौड़ी जोड़ा हुआ धन

scrappy स्क्रैपि *a* (f. scrap^1) (of speech, style) कभी किसी विषय पर और कभी किसी विषय पर, असम्बद्ध, क्रमरहित; ~ knowledge थोड़ा-बहुत ज्ञान, ~ dinner बची-खुची चीज़ों का भोजन

scratch^1 स्क्रैच *vt* & *n* 1 खुरचना, खरोंचना, खरोटना, बकोटना, 2 (कील आदि से) लकीर या निशान बनाना; (*fig*) **to ~ the surface of** (a subject) की बहुत गहराई में न जाना, 3 खुरच कर लिखना; घसीट कर लिखना, 4 (of animal) धरती कुरेदना, कुरेद कर निकालना [to ~ up a bone etc], 5 खुरकना, खुजलाना, खुजाना, **to ~ one's head** सिर खुजाना; *fig* सोच में पड़ जाना; **S~ my back and I will ~ yours** तुम मेरी मदद (या प्रशंसा) करोगे तो मैं तुम्हारी करूंगा; 6 लिखे हुए को काट देना, to ~ s.o. **off** a list सूची से निकाल देना, नाम काट देना; **to ~ a match** मैच मंसूख़ कर देना; **to ~ a team** टीम को (प्रतियोगिता से) हटा देना, नाम काट देना, to ~ oneself अपना नाम वापस लेना, *n* 1 खरोंच, रगड़, हल्का घाव [I got off with a ~ or two], 2 खुजलाना, 3 घसीट; a ~ of the pen हस्ताक्षर; आसानी से दिया गया लिखित आदेश, कलम हिलाने भर की बात, 4 रगड़ की आवाज़, 5 दौड़ शुरू होने की रेखा, प्रस्थान-रेखा; **to start from scratch** शुरू से शुरू करना, मदद या तैयारी के बिना काम शुरू करना; **to be, come, up to ~** अपेक्षित कार्य के लिए पूरी तरह तैयार या योग्य हो जाना, ठीक समय पर उपस्थित हो जाना

scratch^2 *a* 1 भिन्न प्रकार के तत्त्वों से बना हुआ, खिचड़ी-जैसा, पंचमेल [a ~ collection, team, etc], 2 ~ **race** जिसमें सब धावक प्रस्थान-रेखा से दौड़ शुरू करते हैं, समान सुविधा की दौड़

scratchy स्क्रैचि *a* 1 (of drawing) लापरवाही से बनाया हुआ, भद्दा, भोंडा, 2 (of pen) लिखने में आवाज़ करने वाला, काग़ज़ फाड़ने वाला

scrawl स्क्रॉल *vi* & *t* & *n* घसीटना, घसीट कर लिखना, कीड़े-मकोड़े बनाना, *n* घसीट, टेढ़ी-मेढ़ी लिखावट

scream स्क्रीम *vi* & *t* & *n* 1 (डर या दर्द के मारे) चिल्लाना, चीख़ना, चीख़ मारना, to ~ with laughter ज़ोर से हंसना, ठहाका मारना, खिलखिलाना, 2 *vt* चिल्ला कर कहना, *n* 1 चीख़, ~s of laughter ज़ोर की हंसी, खिलखिलाहट, 2 *sl* अत्यन्त हास्यजनक बात; घोर विडम्बना; हंसा देने वाला व्यक्ति, हंसोड़

scree स्क्री *n* (in *sing* or *pl*) 1 (पहाड़ की ढलान पर) फिसलने वाले कंकड़-पत्थरों का समूह; 2 ऐसे कंकड़-पत्थरों से ढकी पहाड़ी ढलान

screech स्क्रीच *vi* & *t* & *n* चीख़ना, चिल्लाना, *vt* चिल्लाकर कहना, *n* कर्कश चीख़ या चिल्लाहट, ~-owl चीख़ने वाला उल्लू, घुग्घू

screed स्क्रीड *n* 1 उकता देने वाला लंबा भाषण या पत्र, (शिकायतभरी) रामकहानी, 2 (पलस्तर या रोड़ी को हमवार करने की चपती या पट्टी

screen^1 स्क्रीन *n* 1 आड़ करने के लिए उठाई हुई दीवार, कमरे आदि का विभाजन करने के लिए दीवार जो छत तक न जाए, पर्दा, 2 दूसरों की दृष्टि से छिपाने वाली कोई चीज़, चिक, चिलमन, कनात, पर्दा, 3 छिपाव करने का कोई साधन, छिपाव, दुराव, पर्दा, 4 बचाव करने का कोई साधन, आवरण, रक्षावरण, शरण, ओट, आड़, 5 (*cinema*) the ~ चित्रपट, पर्दा; चलचित्र, 6 (प्राय: तार की जाली से ढका) सूचना-पट्ट, 7 (कोयले आदि के लिए) छलनी, चलनी, चालनी

screen^2 *vt* 1 पर्दा करना, छिपाना [to ~ sth from view], 2 बचाना, बचाव करना, रक्षा करना, *fig* भर्त्सना से बचाव करना, 3 चित्रपट पर दिखाना, 4 (कोयला, बजरी आदि) छानना, **~ed coal** छना हुआ कोयला, 5 *fig* (व्यक्तियों की) जांच या छान-बीन या छांट करना, जांचना, परखना, छांटना; **screening committee** छानबीन समिति

screw^1 स्क्रू *n* 1 पेच, male or exterior ~ साधारण पेच (जिसकी चूड़ियां बाहर होती हैं); female or interior ~ भीतरी पेच (जिसकी चूड़ियां अन्दर होती हैं); **to have a ~ loose** (*colloq*) दिमाग़ ठीक न होना, सनकी होना; तनिक पागल होना, There is a loose ~ somewhere कहीं कोई गड़बड़ है; 2 (पेच का एक) फेर, फिराव, घुमाव, मरोड़ी, Give it another ~ एक और मरोड़ी दे दो, 3 कंजूस, सूम; ज़बरदस्ती वसूल करने वाला आदमी; 4 (in *sing* or *pl*) पीड़ा देने का यन्त्र, **to put the ~ (s) on s.o.; to give s.o. another turn of the ~** (कुछ काम कराने के लिए) डराना-धमकाना; 5 *comb*: **~-driver** पेचकश, **~-thread** पेच की चूड़ी

screw^2 *vt* 1 पेच से कसना, 2 **to ~ up one's courage** हिम्मत बांधना, हिम्मत से काम लेना, 3 **His head is ~ed on the right way** *or* **straight** वह समझदार है, उसके सोचने का ढंग ठीक है, 4 ज़बरदस्ती ले लेना, छीनना [to ~ sth out of s.o.; to ~ more taxes out of the people], 5 छोटा करना, सिकोड़ना [to ~ up one's eyes]; 6 *vi* (पेच का) कसा जाना, मरोड़ी खाना, फिरना [it ~s, stiffly, to the right]

scribble स्क्रिब्ल *vt* & *i* & *n* 1 घसीट कर लिखना, घसीटना, लिख डालना, लिखावट या विषय-प्रतिपादन में लापरवाही बरतना; 2 *vi* (*joc*) घटिया लेखक या पत्रकार होना, कलमघिसाई करना, तुकबन्दी करना; *n* 1 ख़राब लिखावट, घसीट, लापरवाही की रचना, 2 संक्षिप्त पर्चा या पत्र, रुक्का; **scribbler** *n* घटिया लेखक, तुकबन्द

scribe स्क्राइब *n* & *vt* 1 पांडुलिपियों की नकल तैयार करने वाला, प्रतिलिपिक, लिपिक, कातिब, मुंशी, 2 (also **~-awl**) लकड़ी या ईंट आदि पर

रेखाएं बनाने का नुकीला औज़ार, खरोंची, *vt* रेखा या कोई निशान बनाना

scrim स्क्रिम *n* (फ़र्नीचर में) अस्तर लगाने का कपड़ा, टाट, दुसूती

scrimmage स्क्रिमिज *n* हाथापाई, धक्कामुक्की, छीना-झपटी; मुठभेड़, भिड़न्त

scrimp स्क्रिम्प *vt* & *i* =skimp

scrimshank स्क्रिम्शंक *vi* (*mil. sl*) काम से जी चुराना; ~**er** *n* कामचोर

scrimshaw स्क्रिम्शॉ *vt* & *i* & *n* (शुक्ति, हाथीदाँत आदि पर) नक्काशी करना, *n* नक्काशी किया हुआ हाथीदाँत आदि, दन्तकर्म, शंखकर्म

scrip स्क्रिप *n* 1 बैंक या कंपनी को दिये गये रुपये या निक्षेप की कच्ची रसीद, पावती-पत्र; 2 *collect* ऐसी रसीदें, प्रतिभूतिपत्र

script स्क्रिप्ट *n* 1 *law* मूल दस्तावेज़ (opp. copy), 2 हस्तलेख, हस्तलिपि, लिखावट (opp. print), 3 (छपाई में) हस्तलेख-जैसा टाइप, 4 टाइप-जैसी लिखावट, 5 (प्रसारण का) मूल-लेख, लिपि, 6 (फ़िल्मी नाटक का) मूल लेख, 7 (परीक्षार्थी की) उत्तर-पुस्तिका

scriptural स्क्रिप्चरल *a* (f. foll) धर्मग्रन्थ का या उस पर आधारित, वेदविहित, शास्त्रसम्मत, बाइबिल आदि पर आधारित

scripture स्क्रिप्चर *n* धर्मग्रन्थ; वेद, शास्त्र, बाइबिल, कुरान आदि

scrivener स्क्रिव्नर *n* 1 दलाल; 2 सूद पर रुपया देने वाला, महाजन, साहूकार

scrofula स्क्रॉफ़्युल: *n* कण्ठमाला, गण्डमाला; **scrofulous** *a* कण्ठमाला-ग्रस्त

scroll स्क्रोल *n* & *vt* 1 मुट्ठे की तरह लपेटा हुआ चर्मपत्र या कागज़, चीरक, खर्रा, पुलिन्दा; पुलिन्दे के आकार का ग्रन्थ या लेख, कुंडलित ग्रन्थ, 2 *archit* कुंडलित चित्रकारी या फूल-बूटे, 3 सजावटी लिखावट, 4 *comb*: ~**-saw** नक्काशी (करने) की आरी, ~**-work** (आरी से बने) कुण्डलाकार फूल-बूटे, बेल-बूटे; *vt* लपेटना; कुंडलित करना; बेल-बूटों से सजाना; **scrolled** *a* कुंडलाकार सजावट वाला, कुण्डलालंकृत

scrotum स्क्रोटम *n* (*pl* -ta *or* ~s) अंडकोश की थैली, वृषणकोष

scrub^1 स्क्रब *n* 1 झाड़ी, झाड़-झंखाड़, 2 झाड़-झंखाड़ वाली ज़मीन, 3 घिसा हुआ बुरुश, छोटी-छोटी मूँछें, 4 मामूली या नगण्य आदमी; बौना

scrub^2 *vt* & *i* (-bb-) & *n* (साफ़ करने या चमकाने के लिए साबुन लगा कर बुरुश से) ज़ोर से रगड़ना [to ~ the floor], साफ़ करना, मांजना, 2 गैस को शुद्ध करना, 3 *sl* (राकेट-उड़ान को) रद्द या स्थगित करना, 4 *vi* बुरुश से सफ़ाई करना, झाड़ू देना, *n* बुरुश से रगड़ाई, धुलाई, सफ़ाई [Give the table a good ~]; मंजाई; **scrubber** *n* 1 सफ़ाई करने वाला, मार्जक, 2 *chem* गैस को शुद्ध करने का यन्त्र

scruff स्क्रफ़ *n* the ~ of the neck गर्दन (का पिछला भाग जिससे आदमी या जानवर को पकड़ा जाता है) [to take s.o. by the ~ of the neck]

scrumptious स्क्रम्प्शस *a* (*colloq*, chiefly of food) सुस्वादु, मज़ेदार

scrunch स्क्रन्च *vt* & *i* & *n*=crunch

scruple स्क्रूपल *a* & *vi* 1 *arch* अल्प मात्रा, रत्ती भर, 2 पाप के भय से होने वाली झिझक या संकोच, सोच-विचार, हिचक, हिचकिचाहट [to have no ~s about doing sth, to make no ~ to do sth]; *vi* (esp with *neg*) झिझकना, हिचकना, संकोच होना [to ~ to do sth]; he doesn't ~ to tell a lie]

scrupulosity स्क्रूप्यु-लॉसिटि=scrupulousness (see foll)

scrupulous स्क्रूप्युलस *a* 1 मर्यादा का तनिक भी उल्लघन न करने वाला, पाप से संकोच करने वाला, पापभीरु, शिष्टाचार आदि की बारीकियों का ख़्याल रखने वाला, अति सावधान, उसूल का, ईमानदार [to be ~ about, in doing, sth]; 2 जिसमें हर बात का ख़्याल रखा जाए, पूरा-पूरा, अत्यन्त [~ care, attention, honesty]; ~**ly** *adv* सावधानी से, ईमानदारी से; ~**ness** *n* पापभीरुता; अति सावधानी, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी

scrutineer स्क्रूटि-निअर *n* मतपत्रों की जांच करने वाला, मतपत्र-निरीक्षक, संवीक्षक

scrutinize स्क्रूटिनाइज़ *vt* बड़े ध्यान से देखना, बारीकी से जांच करना, निरीक्षण करना, संवीक्षण करना

scrutiny स्क्रूटिनि *n* 1 निरीक्षण, जांच-पड़ताल, छानबीन, 2 (दो उम्मीदवारों को लगभग बराबर वोट मिलने पर) मतपत्रों की (सरकारी) जांच, संवीक्षा [to demand a ~]

scry स्क्राइ *vi* (भविष्य जानने के लिए) क्रिस्टल देखना (see crystal-gazing)

scud स्कड *vi* (-dd-) & *n* 1 तेज़ी से सीधे भागते या उड़ते जाना, 2 (*naut*) to ~ before the wind हवा के आगे दौड़ना, *n* 1 तेज़ दौड़ या उड़ान, 2 उड़ते हुए हल्के बादल, बौछार, फुहार

scuff स्कफ़ *vi* पैर घसीट कर चलना, पैर रगड़ना

scuffle स्कफ़ल *n* & *vi* हाथापाई (करना), धक्का-मुक्की (करना), गुत्थमगुत्था होना

scull स्कल *n* & *vt* & *i* छोटा चप्पू, *vt* & *i* चप्पू चलाना; (नाव) चलाना [to ~ a boat]; ~**er** *n* 1 चप्पू चलाने वाला, 2 चप्पुओं से चलने वाली नाव, चप्पु-नाव

scullery स्कलरि *n* बर्तन मांजने या धोने का कमरा; ~-maid महरी

sculptor स्कल्प्टर *n* मूर्तिकार

sculpture स्कल्प्चर *n* & *vt* & *i* 1 पत्थर,

लकड़ी, मिट्टी, धातु आदि की मूर्तियां बनाने की कला, मूर्तिकला, 2 (पत्थर या लकड़ी आदि को काटकर बनाई गई) मूर्ति, प्रतिमा, बुत, 3 *zool, bot* सीपी पर उभरे या धँसे हुए निशान या आकृतियाँ, *vt & i* 1 संगतराशी करना, मूर्ति बनाना; 2 उभरी हुई या खुदी हुई आकृतियों से सजाना; ~d *a* (*zool, bot*) जिस पर उभरी हुई या धँसी हुई आकृतियां बनी हों, तक्षित

sculpturesque स्कल्प्च-रे॔स्क *a* मूर्ति-जैसा, मूर्तिवत्

scum^{1} स्कम *n* 1 (वि० उबलते हुए द्रव के ऊपर जमा होने वाली) मैल, गाज, झाग, फेन, 2 *fig* निकृष्टतम भाग, कूड़ा-करकट, कचरा; the ~ of society समाज का निकृष्टतम वर्ग, घटिया लोग

scum^{2} *vt & i* (-mm-) 1 झाग या मैल उतारना, 2 (of liquid) सतह पर मैल जमा होना, झाग आना या उठना

scumble स्कम्बल *vt & n* पुचारा लगा कर (तैल-चित्र का) रंग हल्का करना, *n* (इस प्रकार किया गया) रंगों का हल्कापन

scummy स्कमि *a* (f. scum^{1}) 1 झागदार, 2 निकृष्ट, घटिया, निकम्मा

scupper^{1} स्कपर *n* (*naut*) डेक से पानी निकालने की मोरी, नाली, परनाला

scupper^{2} *vt* (*sl*) 1 अचानक हमला करके (सैनिकों को) मार डालना; 2 (जहाज़) डुबो देना, 3 परास्त करना; घबरा देना, चकरा देना

scurf स्कर्फ़ *n* 1 त्वचा की ऊपरी पतली परत (जो प्राय: उतरती रहती है), (on head) रूसी, 2 पपड़ी; ~**y** *a* 1 (of head) रूसीदार; 2 पपड़ीदार, पपड़ीला

scurrility स्क-रिलिटि *n* 1 अश्लीलता, 2 बेहूदगी, बेहूदा मज़ाक, गाली-गलौज [to indulge in scurrilities]

scurrilous स्करि-लस *a* 1 (of lang. etc) अश्लील, फूहड़, बेहूदा, गाली-गलौज-भरा, 2 (of person) बेहूदा मज़ाक करने वाला, इज्ज़त उतारने वाला, फक्कड़बाज़, बदज़बान

scurry स्करि *vi & n* 1 छोटे-छोटे कदम लेकर तेज़ भागना, बेतहाशा भागना [The rain sent them ~ing for shelter], 2 जल्दी-जल्दी काम करना [to ~ through one's work], *n* 1 तेज़दौड़, दौड़ा-दौड़ी, भगदड़, हड़बड़ी, उतावली, 2 तेज़ दौड़ने की आवाज़, सरसराहट

scurvied स्कर्विड *a* स्कर्वी रोग-ग्रस्त, स्कर्वीग्रस्त, (see foll)

scurvy^{1} स्कर्विं *n* (विटामिन C के अभाव से होने वाला) रोग जिसमें मसूड़े फूल जाते हैं और त्वचा पर नीले-से दाग़ पड़ जाते है, स्कर्वी

scurvy^{2} *a* ओछा, कमीना, घृणित [a ~ trick, fellow]

scut स्कट *n* (वि० ख़रगोश या हिरन की) छोटी पूंछ

scutch स्कच *vt & n* (पटसन आदि को) कूट कर रेशा निकालना, *n* रेशा निकालने का औज़ार

scutcheon स्कचन *n* 1 नाम आदि लिखने की पट्टी, नामपट्ट, 2 = escutcheon 1, 2

scute स्क्यूट *n* (*zool*) मगरमच्छ, कछुए आदि की खाल-जैसी कड़ी चमड़ी, शल्क, प्रशल्क

scutellum स्क्यू-टे॔लम *n* (पौधे, फली आदि का) कड़ा छिलका; (कीड़े, पक्षी आदि का) शल्क, प्रशल्क

scuttle^{1} स्कटल *n* (usu. coal-~) अंगीठी के लिए कोयला लाकर रखने की टोकरी, तसला, डोल

scuttle^{2} *n & vt* (जहाज़ या घर की) दीवार या छत में बना ढक्कनदार बड़ा छिद्र, मोखा, *vt* 1 (डुबाने के लिए जहाज़ में) छिद्र करना, (जहाज़ के) छिद्र खोल देना, (छिद्र कर के) डुबा देना, 2 (U.S.) पूरा न होने देना, धूल में मिला देना, (आशाओं पर) पानी फेर देना [The lawyer ~d his hopes of collecting the debt quickly], 3 भंग करना, छोड़ देना [The peace talks were ~d]

scuttle^{3} *vi & n* (कठिनाई या ख़तरे से बचने के लिए) भाग जाना, बेतहाशा भागना, पलायन करना [to ~ **off, away**]; *n* भाग-दौड़, भगदड़, भागड़, पलायन

scutum स्क्यूटम *n* 1 (*Rom ant*) सैनिक की ढाल, 2 *anat* जानुफलक, चपनी, 3 (*zool*) = scute

Scylla सिल: *n* (*Gk myth*) इटली और सिसली (Sicily) के बीच के जलडमरूमध्य में एक तरफ़ चट्टान (Scylla) है और दूसरी तरफ भयंकर भँवर (Charybdis) है। वहां से गुज़रने वाले जहाज़ या तो चट्टान से टकरा जाते या भँवर में फँस कर नष्ट हो जाते थे; **to be between ~ and Charybdis** दो संकटों के बीच होना, इधर कुआं उधर खाई होना

scythe साइद *n & vt* दरांती (से काटना)

Scythian सिथिअन *a & n* कृष्ण सागर (Black Sea) के उत्तरवर्ती प्राचीन प्रदेश सीथिया का (निवासी); सीथिया की भाषा

sea सी *n* 1 समुद्र, सागर; **to go to sea** नाविक या मल्लाह बनना; **to put (out) to sea** जहाज़ द्वारा प्रस्थान करना, समुद्रयात्रा आरंभ करना; [The expedition is ready to put (out) to sea]; **to be completelv at sea** (*fig*) चकरा जाना, किंकर्तव्यविमूढ़ होना (also see perplexed); **the high seas** खुला समुद्र (किसी देश के तट से तीन मील के आगे का समुद्र), महासागर; **inland ~** ख़ुश्की से घिरा हुआ समुद्र, स्थल परिवेष्टित समुद्र, arm of the ~ गहरी खाड़ी; 2 **a heavy ~** समुद्र जिसमें ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हों, 3 बहुलता, बहुतायत, विशालता, a ~ of troubles असंख्य मुसीबतें, **a ~ of humanity** अपार जनसमुदाय, जनता का समुद्र, 4 *comb*: **seaboard** समुद्रतट, तटवर्ती प्रदेश [The states on the eastern seaboard are often hit by typhoons],

~-**borne** (of goods etc) समुद्र के रास्ते या जहाज़ द्वारा ले जाया जाने वाला, समुद्री, जहाज़ी; ~-**breeze** (वि० दिन में) समुद्र से स्थल की ओर बहने वाली हवा, समुद्री पवन; ~-**coast** समुद्रतट, ~-**craft** (i) नौ-परिवहन कला, (ii) छोटे-छोटे समुद्री जहाज़, ~-**dog** (*fig*) अनुभवी नाविक, ~**faring** *n* & *a* प्राय: समुद्रयात्रा करते रहना, समुद्रयात्रावृत्ति; *a* समुद्रयात्रा करने वाला, समुद्रयात्रा-प्रिय, जहाज़ी; ~**food** (भक्ष्य) समुद्री मछलियां, केकड़े आदि; ~ **front** नगर का समुद्रतट के सामने का भाग; नगर का तटवर्ती भाग; ~-**girt** समुद्र से घिरा हुआ, समुद्रवेष्टित, ~**going** (of ship) खुले समुद्र में (न कि तट के साथ-साथ) जाने वाला, ~-**green** *n* कुछ नीलापन लिए हुए हरा रंग; *a* इस रंग का, नीला-हरा, ~-**legs** जहाज़ के हिलते-डोलते डेक पर चलने की योग्यता [to find, to get, one's sea-legs]; ~-**level** समुद्रतल, ~-**line** (i) तट-रेखा; (ii) समुद्र और आकाश के मिलने की रेखा; **seaman** (i) नाविक, खलासी, (ii) जहाज़रानी-विशेषज्ञ, ~-**port** बन्दरगाह (वाला नगर), ~-**shell** समुद्री सीपी या शंख, ~-**shore** समुद्रतट, **sea-sickness** जहाज़ के हिलने-डोलने से आने वाली मतली, जहाज़ी मतली, **seaside** समुद्रतटवर्ती प्रदेश या स्थान (जहां लोग बसे हों या छुट्टी मनाने आते हों), ~**worthy** (of ship) समुद्रयात्रा के योग्य, यात्रायोग्य

seal^1 सील *n* **1** मत्स्याहारी स्तनपायी जलचर-विशेष (जिसका चमड़ा और तेल कीमती होते हैं), सील-मछली, **2** ~-**fishery** सील मछली का शिकार; इस के शिकार का क्षेत्र

seal^2 *n* **1** (कोई अक्षर या चिन्ह अंकित करने का) ठप्पा, मोहर, मुद्रा, ~ **of office** पद-मुद्रा, **2** किसी चिन्ह से अंकित लाख आदि का टुकड़ा, मोहर, मुहर, मुद्रा; **given under my hand and** ~ मेरे द्वारा हस्ताक्षरित एवं मुद्रांकित; to put one's ~ to a document दस्तावेज़ पर (अपनी) मोहर लगाना, **to set one's** ~ **to sth** किसी बात की स्वीकृति या अनुमति देना; कोई बात प्रमाणित या पुष्ट करना, **to set the** ~ **on sth** पर मुहर लगाना; मुहरबन्द करना (ताकि अनधिकृत रूप से खोला न जा सके); to set the ~ of approval on sth किसी बात पर स्वीकृति की मोहर लगाना, स्वीकृति या पसन्दगी व्यक्त करना; **3** स्याही से बनाया हुआ मोहर-जैसा निशान, ठप्पा, *fig* छाप [book that bears the ~ of genius], **4** छिद्र आदि बंद करने की चीज़, टांका

seal^3 *vt* **1** मुहर लगाना, मुद्रांकित करना; मुहरबन्द करना, **2** बंद करना, **my lips are** ~**ed** मेरा बोलना मना है, मेरी ज़बान बन्द है; मैं नहीं बता सकता; **is a** ~**ed book to me** मुझे इस (बात) का न पता है न पता लग ही सकता है, **3** इस तरह बन्द करना कि हवा न आ-जा सके [to ~ **up** the windows], **to** ~ **off** (an area) (रुकावटें खड़ी कर के) अलग-थलग कर देना, वहां आना-जाना मना कर देना, **4** टांका लगा कर (कनस्तर आदि) बन्द करना, **5** नियत करना, निर्दिष्ट करना, निर्णय करना; His fate is ~ed उसकी किस्मत का फ़ैसला हो चुका है

sealing सीलिङ्ग *n* मोहरबन्दी; ~-**wax**, मोहर लगाने की लाख, मोहरी लाख

seam सीम *n* & *vt* **1** सीवन, **bursting at the** ~s ठसाठस भरा हुआ, **2** (in metal pipe etc) जोड़, **3** (पत्थर, लकड़ी आदि में) दरार, **4** (mining) कोयले आदि की पतली परत; दो परतों की विभाजन-रेखा, संधि-रेखा, संधि, **5** घाव-चिन्ह; *vt* **1** (जुर्राबें आदि में) धारियां बनाना, **2** दरार डालना, **3** घाव-चिन्ह बनाना; ~**less** *n* सीवनरहित; जोड़रहित

seamstress, sempstress सेॅम्स्ट्रिस *n* सिलाई करने वाली स्त्री, दर्ज़िन

seamy सीमि *a* जिसकी सीवन दिखाई दे रही हो; ~ **side** सिले हुए कपड़े की उल्टी तरफ़; **the** ~ **side** (of life etc) (जीवन का) अरोचक पहलू

seance F सेआँस *n* **1** (सभा, संस्था आदि की) बैठक, **2** दिवंगत आत्माओं के विषय में अनुसंधान (या उनसे बातचीत) करने की बैठक, प्रेतावाहन बैठक

sear^1 सिअर *a* & *vt* झुलसा हुआ, मुरझाया हुआ, *vt* **1** (पत्तों, फ़सलों आदि को) झुलसाना; (in *pass*) पाला मार जाना; **2** (पत्तों को) सुखाना, मुरझा देना या डालना, (in *pass*) कुम्हला जाना, **3** गरम लोहे से दाग़ना, **4** कड़ा या कठोर या निर्दय बनाना [a ~ed conscience]

sear^2 = sere^1

search^1 सर्च *vt* & *i* **1** (जगह, जेब, व्यक्ति की) तलाशी लेना, **2** जांच या छान-बीन करना, निरीक्षण करना, बड़े ध्यान से देखना [to ~ s.o.'s face], **3** थाह लेना, गहराई में जाना, पैठना [to ~ men's hearts]; **to** ~ **one's heart** *or* **conscience** अपना दिल टटोलना; अपने आचरण या विश्वास की जांच करना **4** *vi* तलाश करना, खोजना, ढूंढना [to ~ **for** sth]

search^2 *n* **1** तलाश, खोज [**to make a** ~ **for** s.o.; **to go in** ~ **of** s.o.], **2** तलाशी, to make a ~ of a house खाना-तलाशी लेना; ~ of a person जामा-तलाशी; **3** जांच, छान-बीन, निरीक्षण, **4** *comb*: ~**light** (शत्रु के विमानों, गतिविधि आदि का पता लगाने के लिए) बिजली की तेज रोशनी वाली बत्ती, खोज-बत्ती; ~-**warrant** तलाशी का परवाना

searching सर्चिङ्ग *a* बड़े ध्यान या बड़ी बारीकी से किया जाने वाला, टोह या थाह लेने वाला, तह तक जाने वाला, सूक्ष्म [~ questions]

season^1 सीज़न *n* **1** मौसम, ऋतु, **the four** ~**s** चार ऋतुएं, अर्थात् वसन्त, ग्रीष्म, पतझड़, सर्दी; the rainy ~ बरसात, वर्षा ऋतु, **2** (फ़सल आदि

का) मौसम [the mango ~]; Mangoes are in ~ आम का मौसम है; आज-कल आम बहुत है, 3 close ~ जब शिकार की मनाही हो; **open ~** जब शिकार की इजाज़त हो, 4 अवधि, कुछ समय या काल, to last for a ~ काफ़ी दिन चलना; **season-ticket** पूरे दिनों का या सालभर का (सस्ता) टिकट, मियादी टिकट, सीज़न टिकट, 5 उचित समय, अवसर, मौका, **a word in ~** उपयुक्त अवसर पर दी गई सलाह; **in (~) and out of ~** मौके-बेमौके, समय-असमय, हर समय

season^2 *vt* 1 नमक-मिर्च मिलाना या लगाना, मसालेदार या चटपटा या स्वादिष्ट बनाना [highly ~ed dishes]; मज़ेदार या रोचक या मनोरंजक बनाना [conversation ~ed **with** humour], 2 (कुछ समय तक पड़ा रहने देकर लकड़ी को) सुखाना, पक्का करना, परिपक्व करना, सिझाना, 3 लंबे समय के अनुभव से परिपक्व या प्रौढ़ बनाना, कष्ट सहने या युद्ध करने का आदी बनाना, अभ्यस्त या पक्का करना [a ~ed soldier], 4 नरम करना, उग्रता कम करना [justice ~ed **with** mercy]

seasonable सीज़्-न-बल *a* 1 मौसमी, मौसम के मुताबिक [~ weather], 2 (of aid, advice) अवसरानुकूल

seasonal सीज़्नल *a* 1 मौसम का [~ changes], 2 मौसमी [~ trade]

seasoning सीज़्निङ्ग *n* नमक-मिर्च, मसाला

seat^1 सीट *n* 1 आसन, कुर्सी, चौकी, बेंच, आदि, 2 (साइकिल की) गद्दी, 3 बैठने की जगह [a car with four ~s]; 4 बैठने की मुद्रा, बैठक, **to take a ~** बैठना, आसन ग्रहण करना; **to take one's seat** अपनी (नियत) जगह पर बैठना; **to keep one's ~** (अपनी जगह पर) बैठे रहना; (of rider) to have a good *or* firm ~ जमकर बैठना, 5 (कुर्सी का) तला [cane ~], 6 चूतड़, 7 (पाजामे या पतलून का) पीठा, 8 केन्द्र, घर, स्थान, जगह; अधिष्ठान; an ancient ~ of learning शिक्षा का प्राचीन केन्द्र; **~ of govt.** शासन-केन्द्र, राजधानी; ~ of a disease अंग जिसमें रोग केन्द्रित हो, रोग का अधिष्ठान; 9 *Parl*: सदस्यता, स्थान, जगह

seat^2 *vt* 1 बिठाना, आसन देना; **to ~ oneself; to be ~ed** बैठना, आसन ग्रहण करना, 2 (कुर्सी के) तले की मरम्मत करना (usu. **to reseat**), (पतलून) के पीछे की मरम्मत करना; 3 (संसद् के लिए) चुनना, निर्वाचित करना [to ~ a candidate], 4 (यन्त्र को) रखना, जमाना, 5 a deep-seated disease गहरा रोग

seater सीटर *n* इतनी सीटों वाली गाड़ी या विमान [two-seater etc]

seating सीटिङ्ग *n* 1 बैठने की व्यवस्था (करना), बिठाना, 2 बैठने की जगह [~ capacity]

sebaceous सिबेशस *a* चर्बीदार, वसामय [~ gland]

secant सीकन्ट *a* & *n* (*geom*) काटने वाला, छेदक; *n* 1 छेदक रेखा, 2 *trig* व्युत्क्रम कोटिज्या

secateurs सेॅकटर्ज़ *n* पेड़ों की काट-छाँट करने की कैंची, कलम-कैंची

secco सेॅको *n* (*pl* **~s**) प्लास्टर पर बनाया हुआ चित्र, कुड्य चित्र

secede सि-सीड *n* (दल या संस्था या देश से) अलग होना, संबंध-विच्छेद करना; **seceder** *n* अलग होने वाला, संबंधविच्छेदक

secession सि-सेॅशन *n* अलहदगी, संबंध-विच्छेद; **~ist** *n* अलग होने का समर्थक, पृथक्तावादी

seclude सि-क्लूड *vt* 1 अलग रखना; to ~ oneself **from** society किसी से मेल-जोल न रखना 2 a ~d spot एकान्त स्थान

seclusion सिक्लूश़न *n* एकान्त, एकान्तवास [to live in ~]

second^1 सेॅकन्ड *a* 1 दूसरा, द्वितीय, the world's second largest city दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा नगर; **every ~ day** हर तीसरे दिन; to come in, finish, ~ (दौड़ में) दूसरे नम्बर पर आना; **second floor** तीसरी मंज़िल; **~ to none** किसी से कम नहीं; **in the ~ place** = secondly; 2 **~ nature** बाद में बनी प्रकृति या स्वभाव, प्रकृति-सदृश [Habit is ~ nature]; 3 **~ thoughts** दोबारा सोचने पर या बाद में बना इरादा या राय; 4 **at ~ hand** *adv* (*phr*) दूसरों से सुनकर, अप्रत्यक्ष रूप से; 5 **~-class** *a* दूसरे दर्जे का, मामूली, घटिया, 6 **second-hand** *a* एक बार इस्तेमाल किया हुआ, पुराना [~-hand books; ~-hand dealer]; second-hand information दूसरे से या दूसरे की ज़बानी पता लगी बात, *adv* (*phr*) [I bought this book second hand]; 7 **second-rate** *a* दूसरे दर्जे का, औसत दर्जे का, मामूली

second^2 *n* 1 दूसरी तिथि, the ~ of May दो मई; 2 दूसरे नम्बर पर आने वाला दौड़ाक या खिलाड़ी; to come in a **good second** दौड़-विजेता के थोड़ा ही पीछे आना, 3 (*commerc*) **second** दूसरे दर्जे का माल, 4 सेकण्ड, **~(s) hand** सेकंड की सूई; 5 (of angle) विकला; 6 **~ in command** उपमुख्य अधिकारी, उप-कमान अफ़सर

second^3 *vt* 1 समर्थन करना; सहारा देना, 2 अनुमोदन करना [to ~ a motion]

secondary सेॅकन्ड्रि *a* & *n* 1 दूसरे नम्बर का, कम महत्त्व का, अप्रधान, गौण; ~ meaning गौण अर्थ; ~ employment अतिरिक्त या गौण धंधा; 2 **~ education** प्राइमरी के बाद और विश्वविद्यालय के पहले की शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा; 3 **~ planet** उपग्रह = satellite, 1 *q.v.*; *n* 1 नायब, प्रतिनिधि, 2 उपग्रह

secondly सेॅकन्ड्लि *adv* दूसरे नम्बर पर, दूसरी बात यह है कि · · ·

secrecy सीक्रिसि *n* 1 बात गुप्त रखना, भेद न खोलना [He promised ~], 2 छिपाना, छिपाव, दुराव [There is no ~ about it]; 3 **Oath of secrecy** सरकारी रहस्य गुप्त रखने की शपथ, गोपनीयता की शपथ

secret सीक्रिट *a* & *n* 1 छिपा हुआ, गुप्त, खुफ़िया, चोरी-छिपे किया हुआ [~ door, place, meeting, treaty, understanding]; ~ **agent** गुप्तचर; ~ **ballot** गुप्त मतदान; ~ **service** खुफ़िया विभाग, 2 गुह्य, गोपनीय; the ~ parts (*arch*) गुह्यांग, जननेन्द्रिय; **top** ~ परम गोपनीय, 3 बात छिपाने वाला, भेद न खोलने वाला, चुप्पा, *n* थोड़े लोगों को ज्ञात बात, गुप्त बात, रहस्य, भेद; **to keep a** *or* **the secret** रहस्य न बताना, भेद न खोलना; **to be in the** ~ रहस्य जानने वालों में होना, रहस्य मालूम होना; **open secret** ऐसी बात जो केवल मूर्खों को ही न पता हो, खुली बात, खुला रहस्य

secretaire सेॅक्रि-टेॅअर *n* लिखने का डेस्क

secretarial सेॅक्र-टेॅअ-रिअल *a* लिखा-पढ़ी का, पत्रव्यवहारसबंधी, क्लर्क का, लिपिकीय

secretariat सेॅक्र-टेॅअ-रिअट *n* सचिव का कार्यालय, सचिवालय

secretary सेॅक्रटरि *n* 1 किसी को पत्रव्यवहार आदि में सहायता देने वाला व्यक्ति, लिपिक, क्लर्क, मुंशी, सेक्रेटरी, 2 (संस्था का) मन्त्री, 3 (सरकार का) सचिव, 4 (इंग्लैंड आदि में) मन्त्री [the Home, Foreign, ~], 5 (U.S.) **Secretary of State** विदेशमन्त्री, **S~-General** महासचिव

secrete सि-क्रीट *vt* 1 छिपाना, गुप्त रखना; छिपा रखना, to ~ oneself छिप जाना, छिपा रहना; 2 (of gland) थोड़ा-थोड़ा करके (द्रव) निकालना, स्रावित करना

secretion सि-क्रीशन *n* 1 वह प्रक्रिया जिसके द्वारा कुछ तत्व प्राणी के रुधिर या वनस्पति के रस से अलग होकर बाहर निकलते हैं, स्रवण, निःसरण, रिसना, 2 रिस कर निकला द्रव, स्राव; 3 छिपा रखना [the ~ of stolen goods]

secretive सीक्रि-टिव *a* बात छिपाने वाला, कम बोलने वाला, घुन्ना, चुप्पा

sect सेॅक्ट *n* 1 मुख्य धर्म से कुछ मतभेद रखने वालों का दल, फ़िरका, संप्रदाय, पन्थ, मत, 2 विशेष गुरु या दार्शनिक के अनुयायी

sectarian सेॅक्टेॅअ-रिअन *a* & *n* 1 पन्थ या संप्रदाय या फ़िरके का, सांप्रदायिक, 2 संप्रदायवादी, कट्टर; *n* संप्रदायवादी व्यक्ति; ~**ism** *n* दलबन्दी की भावना, फ़िरकापरस्ती, पन्थनिष्ठा

sectile सेॅक्टाइल *a* जिसे काटा जा सके, छेद्य

section सेॅक्शन *n* & *vt* 1 *surg* काटना, काट, कटाई, छेदन, 2 भाग, खण्ड, अंश, टुकड़ा, 3 *mil* टुकड़ी, दल, 4 फ़िरका, बिरादरी, वर्ग [all ~s of the population], 5 (of organisation, department) भाग, विभाग, अनुभाग, शाखा, प्रशाखा, 6 (of book, law) अनुच्छेद, परिच्छेद, धारा, 7 *biol* प्रजाति, उपजाति, वर्ग; *vt* खंडों, भागों, अनुच्छेदों आदि में विभक्त करना, विभाजित करना

sectional सेॅक्शनल *a* 1 फ़िरके या वर्ग या दल का, वर्गीय, दलीय [~ interests], 2 खंडों या भागों में विभक्त हो सकने वाला; खडनीय [~ furniture]; ~**ism** *n* दलनिष्ठा, दलगत भावना

sector सेॅक्टर *n* 1 *geom* वृत्त की दो त्रिज्याओं के बीच का खंड, वृत्तखड, त्रिज्यखंड; 2 *mil* क्षेत्र, क्षेत्रक; *econ* क्षेत्र [the private sector of industry], 3 अचल, 4 (गणित का) त्रिज्य यन्त्र; ~**al** *a* क्षेत्र का, क्षेत्रीय

sectorial सेॅक्-टॉरिअल *a* & *n* दारक दांत का; *n* काटने वाला दांत, दारक दांत

secular सेॅक्युलर *a* 1 लौकिक, सांसारिक, ऐहिक, दुनियावी [~ affairs]; 2 जिसका किसी धर्म से संबंध या पक्षपात न हो, धर्मनिरपेक्ष [a ~ state]; जो वेद, बाइबिल आदि धर्मग्रन्थों से संबध न रखता हो, लौकिक [~ music, education], 3 धर्मग्रन्थों पर विश्वास न रखने वाला, धर्मशिक्षा का विरोधी, 4 शताब्दी में एक बार होने वाला, शतवार्षिक; ~ **games** प्राचीन रोम में दीर्घकाल के बाद होने वाला खेल-समारोह, ~ unemployment दीर्घकालीन बेकारी, 5 शताब्दी भर रहने वाला, चिरस्थायी [~ fame]

secularism सेॅक्युलरिज़म *n* 1 लौकिकता, सांसारिकता, 2 धर्मनिरपेक्षता (में विश्वास), धर्मनिरपेक्षवाद, सर्वधर्मसम्मान (की भावना)

secularity सेॅक्यु-लैरिटि *n* लौकिकता; धर्मनिरपेक्षता

secularize सेॅक्युलराइज़ *vt* 1 लौकिक या धर्मनिरपेक्ष बनाना [to ~ a school], 2 धर्म से पृथक् करना या निकाल देना, धर्मबहिष्कृत करना

secure¹ सि-क्युअर *a* 1 भय या खतरे या चिन्ता से रहित, निर्भय, निश्चिन्त, सुरक्षित [Here I feel ~], 2 जिस पर आक्रमण न हो सके, दृढ़, मज़बूत, सुरक्षित [~ **against** assault; ~ **from** interruption], 3 न टूटने या गिरने वाला, दृढ़, पक्का, मज़बूत [a ~ foundation, foothold, grasp],, 4 विश्वास या यकीन करने वाला [to feel ~ of victory]; ~**ly** *adv* 1 दृढ़ता से, मज़बूती से; 2 निश्चित रूप से

secure² *vt* 1 (मोर्चेबन्दी, दीवार आदि के द्वारा) सुरक्षित करना [to ~ a town, harbour], 2 बन्द या कैद करना [to ~ a prisoner], 3 बांधना, जकड़ना, हिलने-जुलने न देना, कसना, (चटख़नी आदि लगा कर) पक्का बंद करना [Secure all the doors and windows before you leave the house], 4 कोशिश करके (अभीष्ट वस्तु) प्राप्त कर लेना [to ~ a seat, a prize, s.o.'s services],

5 गारन्टी या जमानत लेना या देना, सुनिश्चित बनाना, to ~ a debt by mortgage कोई वस्तु गिरवी रखकर ऋण की अदायगी निश्चित बनाना

security सि-क्युअ-रिटि *n* 1 सुरक्षा; public ~ लोगों की सुरक्षा, जन-सुरक्षा; ~ measure सुरक्षा का उपाय, 2 सुरक्षा का प्रबन्ध करने वाला सगठन; ~ **forces** सुरक्षा-बल; ~ **police** सुरक्षा-पुलिस, 3 मज़बूती, दृढ़ता, 4 ज़मानत, प्रतिभूति [to give sth as (a) ~], 5 ज़मानत देने वाला, ज़मानतदार, ज़ामिन, प्रतिभू [to stand ~ **for** s.o.], 6 (usu in *pl*) हुंडी, ऋणपत्र [gilt-edged, Govt., securities]; 7 ~ **risk** व्यक्ति जिसकी वफ़ादारी पर सन्देह हो और जो राष्ट्र के लिए ख़तरा बन सकता हो; सुरक्षा के लिए ख़तरा; **S~ Council** सुरक्षा परिषद् (सयुक्त राष्ट्र की अंगभूत संस्था जिसका काम विश्व में शान्ति बनाये रखना है)

sedan सिडैन *n* पालकी (also ~**-chair**)

sedate सिडेट *a* (of person, manner, speech, etc,) शान्त, गंभीर, सौम्य, नम्र; ~**ly** *adv* शान्तिपूर्वक, गंभीरता से, नम्रता से; ~**ness** *n* गंभीरता, धीरता, सौम्यता

sedation सि-डेशन *n* 1 बेहोशी की दवा देकर मानसिक उत्तेजना को शान्त या शारीरिक व्यापार को मन्द करना, 2 ऐसी अवस्था, प्रशमन

sedative सेॅड-टिव *a* & *n* रोग हल्का करने वाली (औषध), प्रशामक (औषध), आराम देने वाली (औषध)

sedentary सेॅडन्ट्रि *a* 1 बैठने का [~ posture], बैठा हुआ, बैठने की मुद्रा में [~ statue of the Buddha]; 2 प्राय: बैठा रहने वाला [~ person], बैठे रहने का [~ occupation, life]; 3 (of bird) एक ही इलाके में रहने वाला, स्थान न बदलने वाला, स्थानबद्ध, देशबद्ध, 4 (of spider) शिकार की ताक या घात में बैठा रहने वाला

sedge सेॅज *n* दलदली भूमि में उगने वाले घास-जैसे पौधे जिनकी डंडियों में गांठ नहीं होती, प्रतृण

sediment सेॅडिमन्ट *n* 1 तलछट, तलौंछ, गाद, 2 (of oily substances) कल्क; ~**ary** *a* तलछट या कल्क का, तलछटी, कल्कीय

sedition सि-डिशन *n* सरकार या शासन के प्रति विद्रोह, राजद्रोह

seditious सि-डिशस *a* राजद्रोही, राजद्रोहात्मक, राजद्रोहपूर्ण [~ speech, material, etc]

seduce सिड्यूस *vt* 1 (पथभ्रष्ट करने के लिए) फुसलाना, बहकाना, पथभ्रष्ट करना [to ~ s.o. **from** his duty], (पाप के लिए) प्रलोभन देना; 2 भ्रष्ट करना, बिगाड़ना, 3 सतीत्वभंग करना [to ~ a woman], ~**ment** *n* 1 फुसलावा, बहकावा, प्रलोभन 2 सतीत्वहरण; **seducer** *n* फुसलाने वाला, प्रलोभन देने वाला, प्रलोभक

seduction सि-डक्शन *n* 1 फुसलाना,, बहकाना, प्रलोभन देना, 2 सतीत्वहरण, 3 (वस्तु का) आकर्षण, प्रलोभन, मोह लेने वाली बात या गुण, मोहनी, जादू [the ~s of a modern capital, of music, of beauty, etc]

seductive सि-डक्टिव *a* आकर्षक, मनोमोहक, प्रलोभनकारी; ~**ness** *n* आकर्षण, मनोमोहकता, विमोहन, प्रलोभन

sedulous सेॅड्युलस *a* 1 उद्यमी, परिश्रमी, जुट कर काम करने वाला, अध्यवसायी, लगन वाला, 2 निरन्तर परिश्रम या लगन से किया हुआ [~ care, flattery]; ~**ly** *adv* बड़े परिश्रम से, बड़ी लगन से, जुट कर, डट कर

see^1 सी *vt* (saw, seen) I, 1 देखना, दृष्टिपात करना, नज़र डालना, अवलोकन करना, **Seeing is believing** स्वयं देखने से जैसा विश्वास होता है वैसा अन्यथा नहीं; to ~ the back of s.o. किसी की पीठ देखना; किसी से छुटकारा पाना; **to ~ the sights (of a town)** नगर के दर्शनीय स्थानों को देखना; as far as the eye can ~ जहां तक नज़र जाती है; to ~ s.o. home किसी को घर तक छोड़ने जाना, घर पहुंचा आना; **to see the light** (**of day**) प्रकट होना; प्रकाशित होना; जन्म लेना; **to see the light** (*fig*) अपनी ग़लती समझ लेना, कायल हो जाना; **to see one's way** (**clear**) **to do** (*or* **doing**) sth कोई काम कर पाना, करने को तैयार होना, 2 (समाचारपत्र आदि से) जान जाना, पता लगना, 3 समझना, to see the point बात या मतलब समझना, to **see** a *or* the joke मज़ाक समझ पाना; I see! अब मैं समझ गया; **to see fit to . . .** उचित या ठीक **समझना**, 4 (उत्तर देने से पहले) सोचना, Let me see! मुझे ज़रा सोचने दो, तनिक ठहरो, 5 ख़याल रखना, प्रबंध करना [See (to it) that he comes in time], 6 मिलने जाना, दर्शन करना, दर्शन देना, भेंट करना; **see you** (**later**)! (**I'll**) **be seeing you!** (*colloq*) फिर मिलूंगा ! अच्छा, नमस्ते ! 7 का अनुभव करना या होना, देखना, **to ~ life; to ~ the world** देश-देशान्तर में घूम-फिरकर जीवन के अनुभव प्राप्त करना, देश-देशान्तर के लोगों की रहन-सहन देखना, दुनिया देखना, 8 राय या विचार होना **as I see it** मेरी राय में; II (with *prepp*). 1 to ~ about कोई काम अपने ऊपर लेना, ज़िम्मा लेना, **will see about it** (चिन्ता मत करो) मैं इसे देख लूंगा, जो करना होगा कर दूंगा; 2 to ~ s.o. **off** (at the station etc) किसी को छोड़ने जाना, विदा करना; 3 to ~ **through** ताड़ना, भांपना, समझ जाना, धोखे में न आना [I see through his trick]; to see a business **through** कोई काम पूरा करके छोड़ना; to see s.o. **through** (the difficulty) कठिनाई या संकट में अन्त तक साथ देना; 4 to ~ to ख़याल रखना, ध्यान रखना (See I, 5 above]

see^2 *n* 1 (आर्च-)बिशप के अधीन क्षेत्र या इलाका,

धर्मक्षेत्र, धर्मपीठ, 2 (आर्च-)बिशप का पद; **the Holy See, the See of Rome** पोप का पद; पोप का दरबार, पोप का अधिकारक्षेत्र

seed^{1} सीड *n* 1 बीज; गुठली; (of plant) to go *or* **run to seed** बीज आना, बीज पड़ना, दाना पड़ना, पकना, *fig* जीर्ण-शीर्ण होना, पुराना पड़ जाना, 2 वीर्य, शुक्र, 3 औलाद, सन्तान, संतति, 4 *fig* कारण, मूल, जड़, बीज **to sow the ~(s)** of strife, vice, etc कलह, दुर्व्यसन आदि का बीज बोना, 5 *comb*: **~-farm** बीज तैयार करने का खेत, बीज-फ़ार्म. **~-time** बोने का समय ;**~less** *a* बीजरहित, निर्बीज

seed^{2} *vi* & *t* 1 **बीज** पड़ना, दाना पड़ना, 2 *vt* (फल से) बीज निकालना, गुठली निकालना, 3 *sport* (खिलाड़ियों को) छाँटना, 4 **seeded player** छँटा हुआ खिलाड़ी, उत्कृष्ट खिलाड़ी

seedling सीड्लिङ्ग *n* 1 बीज (न कि कलम) से उगाया हुआ पौधा, 2 (अन्यत्र बोने के लिए) पौद, पौध, 3 छोटा या नन्हा पौधा

seedy सीडि *a* 1 जिसमें बीज पड़ गया हो, बीजदार, बिजैला, 2 (of clothes) फटा-पुराना, 3 (of person) फटे-पुराने वस्त्र पहने, फटीचर, फटे-हाल, दुर्दशाग्रस्त

seek सीक *vt* & *i* (sought) 1 (खोई हुई वस्तु) खोजना, ढूंढना, तलाश करना, 2 अभीष्ट वस्तु की तलाश में जाना, to ~ employment नौकरी तलाश करना; to ~ shelter आश्रयस्थान ढूंढना, शरण लेना; The reason is **not far** to **seek** कारण स्पष्ट है; 3 चाहना, मांगना [to ~ sth **from, of**,. s.o.; to ~ advice etc]; 4 यत्न करना, कोशिश करना [to ~ **to do** sth], 5 (with *prepp*) to ~ **after, for** पाने की कोशिश करना, की तलाश में रहना; **much sought after** जिसकी बहुतों को तलाश या इच्छा हो, जिसकी बहुत मांग हो; to ~ **out** ढूंढ निकालना, पता लगा लेना

seeker सीकर *n* तलाश करने वाला, चाहने वाला, इच्छुक; pleasure-~ मनोविनोद का इच्छुक

seem सीम *vi* 1 लगना, जान पड़ना, प्रतीत होना [He ~s (to be) tired], भासना, 2 **it ~s to** me that . . . मुझे लगता है कि · · ·

seeming सीमिङ्ग *a* प्रतीयमान, आभासी, दिखावटी, प्रकट रूप में, ज़ाहिरा [a ~ friend]; **~ly** *adv* प्रकट रूप में, बाह्यत:

seemly सीम्लि *a* 1 उचित, शोभा देने वाला, शोभन, शोभनीय, अच्छा, 2 देखने में अच्छा, सुन्दर

seep सीप *vi* 1 थोड़ा-थोड़ा करके बह निकलना, टपकना, रिसना, चूना, 2 (द्रव का पदार्थ में) व्याप्त होना (also *fig*); **seepage** सीपिज *n* 1 रिसन, टपक, टपका, स्राव, निस्यन्द, 2 (रिसने या टपकने से होने वाली) कमी, नुकसान

seer^{1} सिअर *n* 1 ऋषि, नबी, पैग़ंबर, 2 अन्तर्दृष्टि रखने वाला, भविष्यद्रष्टा

seer^{2} *n* सेर

seersucker सिअर्-सकर *n* एक प्रकार का झुर्रीदार कपड़ा, सीर-सकर [f. Persian शीर-ओ शक्कर]

see-saw^{1} सी-सॉ *n* & *a* 1 झूलने वाला तख़्ता, ढेंकुल, ढेंकुली, 2 झूलने तख़्ते का खेल, झूला-झूली, ऐसा मुकाबला जिस में कभी एक पक्ष जीते और कभी दूसरा; *a* झूलने वाला, आगे-पीछे होने वाला, ऊपर-नीचे होने वाला [~ motion]; **to go ~** डाँवाँडोल होना

see-saw^{2} *vi* 1 झूलने तख़्ते का खेल खेलना, झूला-झूली खेलना, 2 ऊपर-नीचे होना, उतार-चढ़ाव होना, 3 डाँवाँ-डोल होना

seethe सीद *vi* 1 उबलना, खौलना; 2 *fig* जोश में आना, उत्तेजित होना, विक्षुब्ध होना, अशान्त होना [The country is **seething with** discontent]

segment सेॅग्मन्ट *n* & *vt* & *i* 1 वस्तु का अलग हो सकने वाला भाग, (सन्तरे, ख़रबूज़े आदि की) फांक, 2 (*geom*) **~ of a circle** वृत्त का रेखा द्वारा कटा हुआ खंड, वृत्तखण्ड; **~ of a sphere** गोले का तल द्वारा कटा हुआ खण्ड, गोलकखण्ड; *vt* (सेॅग-मेॅन्ट) 1 टुकड़ों में बांटना, टुकड़े करना, 2 *vi* टुकड़े होना, खंडित होना; **~ed** *a* 1 खंडों में विभक्त; 2 *biol* सखंड

segmental सेॅग्-मेॅन्टल *a* खण्डों से बना हुआ, खण्डों वाला; खंडयुक्त; खंडीय

segmentation सेॅग्मन्टेशन *n* खण्डों में विभक्त करना या होना, अलग-अलग करना या होना, विखण्डन, खण्डीभवन

segregate सेॅग्रिगेट *vt* & *i* 1 अलग करना, अलग-अलग रखना [to ~ the sexes], 2 (*vi*) अलग होना, समूह या पुंज से अलग होकर अन्यत्र एकत्र होना

segregation सेॅग्रि-गेशन *n* 1 पृथक्करण, वियोजन, 2 पार्थक्य, अलगाव, पृथग्वास [racial ~]

segregative सेॅग्रिगेटिव *a* 1 अलग करने का, अलग करने वाला, 2 अलग रहने वाला

Seidlitz सेॅड्लिट्स *n* **~ powder** दो चूर्णों को जल में अलग-अलग घोल कर और मिला कर बनने वाला मृदु रेचक, सिडलिस पाउडर

seine सेन *n* ~ **(-net)** मछली पकड़ने का जाल

seise सीज़ =**seize, 8**

seisin सीज़िन =**seizin**

seism साइज़म *n* भूकम्प

seismic साइज़्मिक *a* भूकम्प का, भूकम्प-संबंधी, भूकम्पी [~ **wave**]

seismograph साइज़्मग्राफ़ *n* भूकम्प का स्थान और ज़ोर बताने वाला यन्त्र, भूकम्पयन्त्र, भूकम्पलेखी; **~y** *n* भूकम्पविज्ञान

seismology साइज़्मॉल-जि *n* भूकम्पविज्ञान

seize सीज़ *vt* & *i* 1 पकड़ना [to ~ s.o. (by the neck); to ~ sth], 2 अधिकार या कब्ज़ा

कर लेना [to ~ a fortress, ship]; **3** छीनना, ज़ब्त कर लेना, अभिग्रहण करना [to ~ goods]; **4 to ~ the opportunity** *or* **occasion** अवसर से लाभ उठाना, अवसर को हाथ से न जाने देना, **5** समझ जाना [to ~ the point]; **6 to be ~d with fear, panic, remorse, etc** डर, आतंक, पश्चात्ताप से अभिभूत होना, **7** (*fig*) **to be seized of (the matter etc)** को पता या ज्ञात होना; को सूचित कर दिया जाना; **8** *law* कब्ज़ा दिलाना [to ~ s.o. of an estate], **9** (of machinery) **to ~ (up)** रुक जाना, जाम होना

seizin, seisin सीज़िन *n* **1** *law* माफ़ी ज़मीन पर कब्ज़ा, **2** कब्ज़े में ली हुई ज़मीन या जायदाद आदि

seizure सीश़र *n* (f. seize) **1** पकड़; ज़ब्ती; अभिग्रहण, **2** (लकवे आदि का) आकस्मिक दौरा

seldom से॑ल्डम *adv* बहुत कम, कभी-कभार [~ or never; ~, if ever]

select¹ सि-ले॑क्ट *a* **1** चुना हुआ, छँटा हुआ, ख़ास ख़ास [~ passages, audience], **2** बढ़िया, उत्कृष्ट, श्रेष्ठ, वरिष्ठ, प्रवर, **3** (of society, club] इने-गिने सदस्यों का, नये सदस्य बनाने का अनिच्छुक, **4** *Parl:* **~ committee** विशेष जांच-पड़ताल के लिए-नियुक्त समिति, जांच-समिति, प्रवर समिति

select² *vt* चुनना, छाँटना, चयन करना

selection सि-ले॑क्शन *n* **1** चुनाव, छाँट, चयन [to make a ~], **2** चुनी हुई वस्तु, चयन [a good ~ of books; the new headmaster is a good ~]; **3** चुनी हुई रचना, चयनिका [~s from Wordsworth], **4** *biol* वरण [natural, artificial ~]

selective सि-ले॑क्टिव *a* **1** चुनाव का, चयन का, चयनात्मक, वरणात्मक; **2** चुनाव करने वाला, चुन-चुन कर लेने वाला, चयनशील; **selectivity** *n* चयनशीलता

selenite से॑लिनाइट *n* चूने का सल्फ़ेट, एक प्रकार का जिप्सम (gypsum)

selenium सि-लीनिअम *n* गन्धक जैसा तत्व-विशेष, सिलीनियम

selenography से॑लि-नॉग्रफ़ि *n* चन्द्रमा का मान-चित्र बनाना, चन्द्रमा की विद्या, चन्द्रभूगोल, चान्द्रिकी

self¹ से॑ल्फ़ *n* (*pl* selves), & *a* & *pron*; I, **1** अपना आप, मैं, स्वयं, खुद, अहं, आत्मा [the consciousness of self], **2 one's second self** घनिष्ठ या अन्तरंग मित्र, **3 all by one's very self** बिल्कुल अकेला, **to do sth (all) by oneself** कोई काम बिना किसी की सहायता के या अकेले ही करना, **4** स्वार्थ; *a* (of colour) एक-जैसा, एक-सा, (of flower) इकरंगा, II (in compound pronouns) **myself** (*pl.* **ourselves**); **himself, herself, itself, oneself** (*pl.* **themselves**); **yourself** (*pl.* yourselves); **1** (emphatic) स्वयं, खुद, अपने आप, I myself did it मैंने स्वयं (यह) किया; **2** *refl* अपने आपको [I have hurt myself]; ठीक-ठाक, स्वस्थ, होश में [I am quite myself again]; अकेला, अकेले [I live by myself; I did it all by myself]

self² *pref* आत्म, स्व, स्वत:; **~-abnegation** आत्मत्याग; **~-absorption** आत्मलीनता; **~-abuse** (i) अपने आपको गाली देना, (ii) हस्त-मैथुन; **~-accusation** अपने आपको दोषी ठहराना, **~-acquired** खुद कमाया हुआ, स्वार्जित; **~-acting** स्वत: काम करने वाला, स्वचालित; **~-addressed** (of envelope) जिसपर अपना पता लिखा हो, **~-appointed** स्वयंनियुक्त, आप बन-बैठा [the self-appointed president]; **~-assertion** अपना अधिकार जताना, अपनी बात मनवाना, रोब जमाने का स्वभाव; गर्व, अभिमान, औद्धत्य; **~-assertive** अपनी बात मनवाने वाला, अपना अधिकार जताने वाला, रोब जमाने वाला, गर्वीला; **~-assurance** आत्मविश्वास, हौसला; **~-centred** अपने आप में या अपने ही काम में मस्त, आत्मकेन्द्रित; **~-colour** (i) एक-सा रंग, (ii) स्वाभाविक रंग; **~-conceit** अभिमान, आत्माभिमान; **~-confidence** आत्मविश्वास; **~-conscious** (i) तनिक घबराया हुआ, परेशान; झेंपू (ii) अपने आपको समझने वाला, आत्मचेतन; **~-consciousness** (i) झेंप, (ii) आत्मचेतना; **~-contained** (i) अपने आप में मस्त, चुप्पा, घुन्ना, (ii) स्वत:पूर्ण, अपने आप में भरा-पूरा, जिसमें सभी आवश्यक साधन हों [a self-contained flat]; **~-contradiction** स्वविरोध, अन्तर्विरोध; असंगति; **self-contradictory** अन्तर्विरोधी; **~-deception** आत्मवंचना, **~-defence** अपना बचाव, आत्मरक्षा; **~-denial** (i) आत्मत्याग, स्वार्थत्याग, (ii) मिताहार, अपना पेट काटना; **~-determination** (*polit*) अपने बारे में स्वयं निर्णय करना, अपनी नीति स्वयं निर्धारित करना, आत्म-निर्णय; **~-devotion** (किसी व्यक्ति या काम के प्रति) आत्मार्पण, **~-discipline** आत्मानुशासन, **~-employed** अपने ही कारबार में लगा हुआ, स्वनियोजित; **~-esteem** (i) आत्मसम्मान, (ii) आत्माभिमान; **~-evident** प्रत्यक्ष, स्पष्ट; जिसके लिए अन्य प्रमाण आवश्यक न हो, स्वत:प्रमाण; **~-examination** अपने दिल को टटोलना, आत्मपरीक्षण, आत्म-निरीक्षण, **~-explanatory** स्वत:स्पष्ट; **self-governing** स्वयं अपना शासन चलाने वाला; स्वशासी, स्वशासित, **~-government** स्वशासन; **~-help** अपनी सहायता आप करना, स्वावलम्बन; **~-immolation** आत्मबलिदान; **~-importance** अपने आप को बड़ा समझना, आत्माभिमान, अहम्मन्यता; **~-imposed** स्वयं अपने ऊपर लादा हुआ [a self-imposed task]; **~-indulgent** आराम-पसन्द, सुखप्रिय; अपनी सुख-सुविधा का ख़याल रखने वाला; **~-interest** अपना फ़ायदा, आत्महित; **~-love** अहंभाव, अहम्मन्यता; स्वार्थ; **~-made**

अपनी मेहनत से उन्नति करने वाला, अपनी किस्मत आप बनाने वाला; **~-opinionated** अपने मत पर अड़ा रहने वाला, **~-possessed** न भड़कने वाला, न घबराने वाला, शान्तस्वभाव; **~-possession** भड़काने वाली स्थिति में शान्त रहना, धैर्य्य, धीरता, आत्मसंयम; **~-praise** आत्मप्रशंसा; **~-preservation** आत्मसंरक्षण; **~-reliance** आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन; **~-respect** आत्मसम्मान, स्वाभिमान; **~-respecting** स्वाभिमानी; **~-restraint** आत्मसंयम; **~-righteous** अपने आप को ईमानदार या सदाचारी कहने वाला, दंभी, पाखंडी; **self-righting** (*of boat*) उलटने पर अपने आप सीधी हो जाने वाली, **~-sacrifice** आत्मत्याग, आत्मोत्सर्ग, **~-same** बिल्कुल वही, अभिन्न, **~-satisfaction** (i) आत्मसन्तोष, (ii) स्वाभिमान, औद्धत्य; **~-seeking** स्वार्थी, स्वार्थपरायण; **~-service** गाहकों द्वारा स्वयं काउन्टर से या मशीन से खाद्य-पेय पदार्थ या अन्य माल लेने की पद्धति, स्वयंसेवा; **~-styled** स्वयंकथित, आप बन-बैठा, तथाकथित; **~-sufficient** आत्मनिर्भर; **~-supporting** (*of person*) अपने परिश्रम से निर्वाह करने वाला, आत्मनिर्भर, (of business) अपना खर्चा निकाल लेने वाला; **~-violence** आत्म-पीड़न, वि० आत्महत्या; **~-willed** अपनी बात पर अड़ा रहने वाला, हठी, ज़िद्दी; स्वेच्छाचारी

selfish से´ल्फ़िश *a* 1 स्वार्थी, स्वार्थपरायण, मतलबी, 2 स्वार्थ सिद्ध करने का [~ motive]; **~ness** *n* स्वार्थपरता

selfless से´ल्फ़लिस *a* निस्स्वार्थ, स्वार्थरहित; **~ness** *n* निस्स्वार्थता

sell से´ल *vt* & *i* 1 बेचना, विक्रय करना; **to ~ one's life dearly** कइयों को मार कर मरना, 2 आर्थिक लाभ या स्वार्थ की ख़ातिर किसी से विश्वासघात करना [to ~ one's country], 3 वायदा पूरा न करके निराश करना, धोखा देना, उल्लू या बेवकूफ़ बनाना [You have been sold], **Sold again!** फिर बेवकूफ़ बनाया गया !, 4 *vi* बिकना; **to ~ well** अच्छी कीमत पर बिकना, 5 *vt* (with *prepp*) to ~ **off** बचे हुए माल को कम कीमत पर बेचकर ख़तम करना, औने-पौने बेचना, माल निकाल देना; to ~ **out** बेचकर (माल) ख़तम कर देना [The edition is sold out]; विश्वासघात करना, **sell-out** *n* विश्वासघात; to ~ s.o. **up** दिवालिये या कर्ज़दार का ऋण चुकाने के लिए उसका सामान बेच डालना या नीलाम करना [He went bankrupt and was sold up]; **to be sold on sth** विश्वास करना कि अमुक वस्तु या विचार बहुत अच्छा है, के विषय में बहुत उत्साहपूर्ण होना

seller से´लर *n* विक्रेता, **~'s** *or* **~s' market** विक्रेतानुकूल मंडी (जिसमें माल की कमी के कारण विक्रेता जो चाहे मोल लगा ले)

felling से´लिङ्ग *n* बिक्री, विक्रय; ~ **price** विक्रयमूल्य

sellotape से´लोटेप *n* & *vt* सेलुलोस (cellulose) का बना चिपकने वाला फ़ीता, सेलोटेप, *vt* इस से (किसी चीज़ को) जोड़ना

selvage, -vedge से´ल्विज *n* (कपड़े का) किनारा, कन्नी

semantic सि-मैन्टिक *a* अर्थ का; अर्थविज्ञान का; **semantics** *n pl* शब्दार्थविज्ञान, अर्थविचार

semaphore से´म-फ़ॉर *n* & *vt* & *i* 1 (रेल आदि का) सिग्नल देने का उपकरण, संकेतयन्त्र, 2 *mil* दो बाहों या दो झंडियों से सिग्नल देने की पद्धति, बाहु-संकेत; *vt* संकेतयन्त्र या बाहु-संकेत द्वारा (सन्देश) भेजना; *vi* सिग्नल करना, संकेत करना या देना

semasiology सिमेसि-ओ´लजि *n*=semantics

semblance से´म्ब्लन्स *n* 1 किसी से मिलता-जुलता रूप, आकृति-साम्य, सादृश्य [bears the ~ of an angel and the heart of a devil]; 2 बाह्य रूप, दिखावा [puts on a ~ of anger], 3 आभास, झलक [a mere ~ of virtue]

semen सीमे´न *n* वीर्य, शुक्र

semester सि-मे´स्टर *n* छ: महीने का अध्ययन-सत्र, अर्द्धवार्षिक-सत्र, अर्धवार्षिकी

semi- से´मि *pref* आधा, अर्द्ध, अर्ध, निम्न; अल्प, ईषत, कुछ-कुछ; **~circle** अर्धवृत्त; **~circular** अर्धवृत्ताकार, **semicolon** अर्द्धविराम; **~-conscious** कुछ-कुछ होश में; **~-detached** एक ही तरफ़ दूसरे मकान से जुड़ा हुआ; **~-final** अन्तिम से पहला, सेमीफ़ाइनल; **~-lunar** अर्द्धचन्द्राकार; **~vowel** अर्द्धस्वर, अंन्त:स्थ (in Devanagari य, र, ल, व)

seminal से´मिनल *a* 1 वीर्य का, ~ fluid वीर्य; 2 प्रजनन-संबंधी; 3 आरंभिक, अविकसित [in the ~ state]; भावी विकास का आधारभूत

seminar से´मिनार *n* 1 विशेषज्ञ-सम्मेलन, विचार-गोष्ठी 2 थोड़े दिनों का या अल्पकालीन अनुशीलन सत्र; (at university) अनुसंधान तथा विचार-विमर्श के लिए लघु कक्षा, सेमिनार; **~ist** *n* गुरुकुल का शिष्य; अन्तेवासी; **~y** पादरियों या पुरोहितों का प्रशिक्षण-विद्यालय, धर्मगोष्ठी

semination से´मि-नेशन *n* बीज बोने का कार्य, बुवाई, वपन

semiology सीमि-ओ´ल-जि, **semiotics** सीमि-ओ´टिक्स *nn* 1 (रोग-) लक्षणविज्ञान, 2 *ling* संकेत-विज्ञान

Semite से´माइट, **Semitic** सि-मिटिक *nn, aa* यहूदी, अरबी, सीरियाई आदि जातियों में से किसी का (व्यक्ति), शामी, सामी; *a* यहूदियों का; **Semitic languages**: Hebrew, Arabic, Syriac, Ethiopic; Phoenician, Maltese, etc.

semolina से´म-लीन: *n* सूजी

sempiternal से´म्पि-टर्नल *a* (*rhet*) अनादि और अनन्त, शाश्वत, नित्य

sempstress सेॅम्प्स्ट्रिस = seamstress

senate सेॅनट *n* 1 (in U.S., France) संसद् का उच्च सदन, राज्यसभा, सीनेट, 2 (at university) प्रबन्धपरिषद्, सीनेट; **senator** सेॅनटर *n* सीनेट का सदस्य, सैनेटर

send^1 सेॅन्ड *vt* (sent) 1 भेजना, भिजवाना, to ~ **word** (to s.o.) सन्देश भेजना, कहला भेजना, 2 चलाना, ठेलना, धकेलना; the blow sent him sprawling प्रहार या थप्पड़ लगते ही वह चित हो गया, 3 बुला भेजना, तलब करना [to ~ **for** s.o.]; मंगाना [to ~ for sth], 4 **to ~ s.o. packing, to ~ s.o. about his business** चलता करना, भगा देना, 5 (with *prepp*) to ~ **down** (छात्र को) निकाल देना; to ~ **forth** (गन्ध) फैलाना, (किरणें, चिनगारियां) छोड़ना; to ~ **in** one's card कार्ड अन्दर भेजना; to ~ **in** one's resignation त्यागपत्र देना; **to ~ off** (सम्मानपूर्वक) विदा करना; 6 **send-off** *n* विदा, विदाई; to give s.o. a good send-off किसी को विदा करने के समय बहुत लोगों का उपस्थित होना; to ~ **on** (पत्र आदि पर) नया पता लिखकर डाक में डालना; to ~ **up** (i) प्रवर अधिकारी के पास भेजना; (ii) *colloq* नकल उतारना; इस प्रकार उपहास करना; ~**er** *n* भेजने वाला, प्रेषक

send^2, **scend** *n* & *vi* (लहर का) धक्का, ठेल (usu scend of the sea); *vi* (of ship) (लहर के धक्के से) ज़ोर से डोलना (=pitch^2, 10)

senescence सि-नेॅसन्स *n* बूढ़ा होना, सठियाना, सठियापा, बुढ़ापा, जरा

senescent सि-नेॅसन्ट *a* जो बूढ़ा हो रहा हो, जीर्यमाण

seneschal सेॅनिशल *n* = major-domo (see major *a*)

senile सीनाइल *a* 1 जिसमें बुढ़ापे के लक्षण (दुर्बलता आदि) विद्यमान हों, सठियाया हुआ, जराजीर्ण, 2 जरा का, जरा-कालीन, जराजन्य [~ atrophy, garrulity, etc]

senility सि-निलिटि *n* 1 बुढ़ापा, वृद्धावस्था, जरा, 2 जराजीर्णता, सठियापा

senior सीनिअर *a* & *n* 1 उम्र में बड़ा, ज्येष्ठ, जेठा [He is two years ~ to me], 2 पद में बड़ा, वरिष्ठ, प्रवर [~ officer]; 3 ऊंची कक्षा का, *n* उम्र में बड़ा व्यक्ति, ज्येष्ठ [He is my ~ by two years], 4 पद में बड़ा व्यक्ति, वरिष्ठ, 5 ऊंची कक्षा का छात्र [The S~s clashed with the Juniors]

seniority सीनि-ओॅरिटि 1 (उम्र में) ज्येष्ठता, (पद में) वरिष्ठता, प्रवरता; ~ **list** वरिष्ठता-सूची, 2 सेवाकाल की दीर्घता; promotion by ~ सेवाकाल की दीर्घता के आधार पर पदोन्नति

senna सेॅन: *n* 1 सनाय, 2 सनाय की सूखी पत्तियां (जो मृदु विरेचक होती हैं)

sensation सेॅन्-सेशन *n* 1 अपनी शारीरिक अथवा मानसिक अवस्था का बोध या चेतना या अनुभूति; संवेदन, संवेदना, अनुभव, अनुभूति; I had a ~ of falling मुझे लगा कि मैं गिर रहा हूं, I had a ~ of heat, pain, thirst, etc मुझे गर्मी, पीड़ा, प्यास आदि महसूस हुई, 2 सार्वजनिक उत्तेजना या दिलचस्पी, सनसनी, खलबली [to make, create, a ~], आवेग, जोश, रोमांच

sensational सेॅन्-सेश्नल *a* सार्वजनिक उत्तेजना या दिलचस्पी पैदा करने वाला, सनसनी फैलाने वाला, सनसनीदायक, सनसनीजनक, सनसनीपूर्ण, जनोत्तेजक, अत्यन्त रोमांचकारी

sensationalism सेॅन्-सेश्नलिज़म *n* 1 साहित्य या राजनीतिक क्षेत्र में सनसनी पैदा करने की प्रवृत्ति, 2 *philos* यह सिद्धान्त कि विचार इन्द्रियानुभूति या संवेदना से ही पैदा होते हैं, संवेदनावाद

sense^1 सेॅन्स *n* 1 इन्द्रिय, ज्ञानेन्द्रिय [the five ~s], to have a keen ~ of smell, of hearing सूंघने की शक्ति या नाक तेज़ होना; श्रवणशक्ति तेज़ होना; **sixth sense**, इन्द्रियेतर ज्ञान की शक्ति, अन्तःप्रज्ञा, ज्ञानचक्षु, योगदृष्टि, षष्ठ इन्द्रिय, 2 (in *pl*) **senses** ज्ञानेन्द्रियों की स्वस्थता पर आधारित मानसिक स्वस्थता, होश, बुद्धि, अक्ल, **to be in one's ~s** होश-हवास ठीक होना, दिमाग़ ठीक होना, पागल न होना; **Have you taken leave of your ~s?** क्या तुम्हारी अक्ल ठिकाने नहीं है? **to be frightened out of one's ~s** डर के मारे होश उड़ जाना; **to come to one's ~s** (i) होश में आना, संज्ञालाभ करना, (ii) होश ठिकाने होना, मूर्खता या दुराचरण त्यागना; **to bring s.o. to his ~s** (i) होश में लाना, (ii) (दंड का भय दिखाकर) दुष्टता त्यागने पर मजबूर करना, ठीक करना, 3 संवेदन, अनुभव, अनुभूति, एहसास, a ~ of pleasure सुख की अनुभूति; to labour **under a ~ of wrong** यह सोचना कि मेरे साथ अन्याय या दुर्व्यवहार हुआ है; 4 समझ, बूझ, बोध, ज्ञान [~ of time, direction, locality, etc]; ~ **of belonging** किसी का होने की भावना, आत्मीयता या तदीयता की भावना, ~ **of duty** कर्तव्य की समझ; कर्तव्यपालन की भावना, 5 बुद्धिमत्ता, समझदारी, अक्लमन्दी; **to talk sense** समझदारी की बात करना; 6 (शब्द या वाक्य का) अर्थ, भाव, आशय, तात्पर्य [This word has several ~s. It is not clear in what ~ he has used *it*], **in a ~** एक तरह से, कुछ हद तक [What he says is true in a ~]; **to make ~** समझ में आ सकना, युक्तियुक्त होना, व्यवहार्य होना [The proposal does not make ~], 7 (लोगों की) सम्मति, मत, राय, विचार, **to take the ~ of the meeting** (उपस्थित) सदस्यों की राय लेना

sense^2 *vt* का भान होना, का एहसास होना, समझ

जाना, भांपना [I sensed danger]

senseless से`न्सलिस *a* 1 बेहोश, संज्ञाहीन, मूर्च्छित, 2 मूर्ख, बेवकूफ़, नासमझ, मन्दबुद्धि, 3 मूर्खता का, मूर्खतापूर्ण [a ~ remark]

sensibility से`न्सि-बिलिटि *n* 1 (इन्द्रियों की) ग्रहणशक्ति, संवेदनशक्ति, संवेदनशीलता [His skin lost its ~]; 2 भावुकता, भावप्रवणता, sense and sensibility बुद्धिमत्ता और भावुकता; 3 in *pl* भावनाएं, हृदय [to **wound s.o.'s** sensibilities]

sensible से`न्सिबल *a* 1 इन्द्रियग्राह्य, अनुवभवगम्य, संवेद्य [~ heat], 2 अच्छा-ख़ासा, काफ़ी [a ~ difference], 3 समझदारी का, बुद्धिमत्ता का, ठीक, युक्तियुक्त [a ~ course, step; that is very ~ of him]; 4 समझदार, अक्लमन्द, 5 समझने-बूझने वाला, जानने वाला, अभिज्ञ, से अवगत [~ of one's danger], 6 ख़्याल रखने वाला, एहसान मानने वाला [~ **of** s.o.'s kindness]

sensitive से`न्सिटिव *a* 1 शीघ्र प्रभावित होने वाला [~ **to** cold]; असहनशील, He is ~ **to** the slightest criticism वह ज़रा-सी आलोचना से तिलमिला उठता है; 2 चिड़चिड़ा, तुनकमिज़ाज, 3 संवेदनशील, 4 (of instrument) ज़रा सा परिवर्तन या उतार-चढ़ाव बताने वाला, सूक्ष्मग्राही, सुग्राही [~ balance], ~ **market** मंडी जिसमें कीमतों का उतार-चढ़ाव जल्दी-जल्दी हो, अस्थिर मंडी; 5 ~ **paper** प्रकाश का प्रभाव ग्रहण करने वाला कागज़, सुग्राही कागज़, फ़ोटो का कागज़; ~ **plant** छुई-मुई, लाजवन्ती; 6 जिसमें बड़ी सावधानी बरतने की ज़रूरत हो, नाज़ुक [a ~ issue]; **sensitive areas** गड़बड़ी की संभावना या आशङ्का वाले क्षेत्र [A curfew has been imposed in ~areas]

sensitiveness से`न्सिटिव्‌निस, **sensitivity** से`न्सि-टिविटि *nn* 1 (of instrument) सूक्ष्मग्राहिता, सुग्राहिता, 2 सवेदनशीलता, 3 तुनकमिज़ाजी, चिड़चिड़ापन

sensitize से`न्सिटाइज़ *vt* 1 सुग्राही बनाना, 2 *photog* प्रकाशग्राही बनाना; **sensitized** *a* प्रकाशग्राही बनाया हुआ, सुग्राहीकृत (काग़ज़ या प्लेट)

sensorial से`न्-सॉरिअल *a* = sensory

sensorium से`न्-सॉरिअम *n* संवेदी क्षेत्र, संवेदनाक्षेत्र, सवेदनतन्त्र : मस्तिष्क तथा मेरुरज्जु

sensory से`न्सरि *a* ज्ञानेन्द्रियों का, संवेदना का, संवेदनाकेन्द्र का, संवेदनातन्त्र का, संवेदनात्मक, संवेदी

sensual से`न्सुअल, -शुअल 1 इन्द्रियों का (न कि बुद्धि या आत्मा का), इन्द्रियजन्य, ऐन्द्रिय, ~ **pleasures** विषयसुख, विषयभोग, भोग-विलास, 2 **विषयी,** विलासी, लम्पट; ~**ism** *n* भोग-विलास; विषयभोगवाद; **sensualist** *n* विषयी, विलासी, भोग-लम्पट; **sensuality** से`न्शुऐलिटि *n* विषयासक्ति, भोग-विलास, लम्पटता

sensuous से`न्सुअस *a* 1 इन्द्रियों का, इन्द्रियजन्य, इन्द्रियग्राह्य, इन्द्रियनिष्ठ, ऐन्द्रिय [*N.B.* 'Sensuous' is thought to be expressly formed by Milton as a substitute, free of implied censure, for 'sensual'], 2 मनोमुग्धकारी [~ beauty]

sentence से`न्टन्स *n* & *vt* 1 फ़ैसला, 2 दण्ड (का आदेश), सजा (का हुक्म); **life** ~ उम्र कैद, आजीवन कारावास; **to pass** ~ **on s.o.** किसी को सजा सुनाना; **under** ~ **of death etc** जिसे मौत की सज़ा सुनाई गई हो; 3 *gram* वाक्य; *vt* सज़ा सुनाना, सज़ा देना, दण्ड देना [to ~ s.o. to death]

sententious से`न्-टे`न्शस *a* 1 वाक्यमात्र, सूत्ररूप, संक्षिप्त, 2 (of person etc) सदाचार का उपदेश करने वाला; नीरस एवं उपदेशात्मक [a ~ speaker, speech]

sentience से`न्शिअन्स *n* चेतना

sentient से`न्शिअन्ट *a* इन्द्रियों द्वारा विषयों को ग्रहण कर सकने वाला, चेतन [a ~ being]

sentiment से`न्टिमन्ट *n* 1 भाव, मनोभाव, भावना, विचार, the ~ of patriotism देशप्रेम की भावना; noble ~s उदात्त भावनाएं या विचार, 2 मत, राय, विचार [These are my ~s], 3 तर्क के बजाय (दया आदि) भावना से प्रेरित होने की प्रवृत्ति, भावुकता, 4 स्थायी भाव, रस; the ~ of love शृङ्गार रस

sentimental से`न्टि-मे`न्टल *a* 1 (of person) भावुक, भावप्रवण, 2 (of action etc) भावुकतापूर्ण; ~ **value** वस्तु से विशेष संबंध होने के कारण व्यक्ति के मन में उसकी विशेष कदर, रागात्मक महत्त्व [This old radio-set has great ~ value for me]; ~**ism** *n* अतिभावुकता; ~**ity** *n* भावुकता, भावप्रवणता

sentimentalize से`न्टि मे`न्टलाइज़ *vt* & *i* 1 भावुक बनाना, 2 *vi* भावुक बनना, भावुकता के प्रवाह में बह जाना

sentinel से`न्टिनल *n* सन्तरी, पहरेदार, प्रहरी; to stand ~ (over sth) पहरा देना

sentry से`न्ट्रि *n* 1 सन्तरी, पहरेदार; 2 *comb:* ~**-box** सन्तरी की कोठरी; ~**-go** सन्तरी का गश्त

sepal से`पल *n* कलि की बाहरी पत्तियों में से एक, बाह्य दल

separable से`प-र-बल *a* जो अलग किया जा सके या हो सके, पृथक् करने या होने योग्य, वियोज्य, विच्छेद्य

separate से`प-रट *a* 1 पृथक्, अलग, जुदा, ~ electorates पृथक्-पृथक् निर्वाचिक मंडल, पृथक्-चुनाव पद्धति; 2 भिन्न, अलग [The two questions are essentially ~; one is quite ~ from the other], 3 अलग, अलग-अलग, अपना-अपना [They live in ~ rooms]; 4 ~ **maintenance**

(पत्नी से अलग रहने वाले पति द्वारा पत्नी को दिया जाने वाला) निर्वाह-खर्च

separate सॅप-रेट *vt* & *i* 1 पृथक् करना या होना [S~ the good eggs from the rotten ones]; 2 पदार्थ को घटकों में विभाजित करना; to ~ milk दूध से क्रीम निकालना, 3 (विवाह-विच्छेद हुए बिना पति-पत्नी का) अलग-अलग रहना

separation सॅप-रेशन *n* 1 पृथक्करण, 2 पार्थक्य, 3 विच्छेद; (विवाह-विच्छेद हुए बिना पति-पत्नी का) पृथक्-निवास, **judicial ~** अदालत द्वारा आदिष्ट पृथक्-निवास; न्यायिक पृथक्वास; **~ allowance** पति (वि० सैनिक आदि) द्वारा पत्नी को दिया जाने वाला निर्वाह धन, (वियुक्त पत्नी का) निर्वाह-खर्च

separatism सॅप-र-टिज़म *n* पृथक् होने की नीति, पार्थक्यवाद; **separatist** *n* पार्थक्यवादी

separative सॅप-र-टिव *a* पृथक् करने वाला, पृथक्कारी

separator सॅप-रेटर *n* (दूध से) क्रीम निकालने की मशीन

sepia सीपिअ *n* 1 गहरा लाल-भूरा रंग, 2 इस रंग से बना चित्र (also ~ drawing)

sepoy सीपॉइ *n* (भारतीय) सिपाही

sepsis सॅप्सिस *n* खून की ख़राबी, पूति, पूतिदोष, पूतिरक्तता

septa सॅप्ट: (see **septum**)

September सॅप्टॅम्बर *n* सितम्बर (का महीना); लगभग मध्य भाद्रपद से मध्य आश्विन तक

septic सॅप्टिक *a* (f. sepsis) 1 जिसमें खून की ख़राबी पैदा हो गई हो, पूतिदोषमय, पूतिदूषित, विषाक्त, 2 **~ tank** हौद जिसमें विद्यमान जीवाणु मल को विघटित कर गन्दगी दूर करते रहते हैं, मल (-शोध) कुण्ड

septicaemia सॅप्टि-सीमिअ *n* खून की ख़राबी, पूतिरक्तता

septimal सॅप्टिमल *a* सात (की संख्या) का

septuagenarian सॅप्टयुअ-जिनॅअ-रिअन *a* & *n* 70 वर्ष से 79 तक का (व्यक्ति)

septum सॅप्टम *n* (*pl* **septa**) (नासिकाओं के बीच के पर्दे जैसा कोई) पर्दा, पट, पटल, भित्तिका, झिल्लिका

sepulchral सि-पल्क्रल *a* 1 क़ब्र का, समाधि का, ~ chest ताबूत; ~ mound समाधि-टीला; 2 दफ़न का, दफ़नाने का [~ customs], 3 शोक-सूचक, उदासी-भरा, विषादपूर्ण [a ~ look, voice, etc]

sepulchre सॅपल्कर *n* & *vt* 1 (वि० चट्टान को खोद कर या ईंट-पत्थर की बनाई हुई) क़ब्र, मकबरा, समाधि, 2 **white ~** पाखंडी या ढोंगी आदमी, *vt* दफ़नाना, समाधिस्थ करना

sepulture सॅपल्चर *n* दफ़न, समाधि में स्थापना, समाधिकरण

sequacious सि-क्वेशस *a* 1 (of reasoning) सुसंगत, तर्कसंगत, 2 (of reasoner) सुसंगत बात करने वाला

sequel सीक्वल *n* 1 बाद में होने वाली घटना, (कथा आदि का) शेष भाग, उत्तरकथा, 2 परिणाम, नतीजा; **in the ~** परिणामस्वरूप

sequence सीक्वन्स *n* 1 किसी के ठीक बाद आना, एक-दूसरे के बाद आना, अनुक्रमण, 2 (किसी सिद्धान्त पर निर्धारित) क्रम, पूर्वापर-क्रम, अनुक्रम, आनुपूर्व्य, पूर्वापरता, **~ of events** घटनाओं का पूर्वापर-क्रम या आनुपूर्व्य, घटना-क्रम; **in sequence** यथाक्रम, क्रमानुसार [Give the facts in historical ~], 3 शृंखला, तांता, सिलसिला [Calamities fall in rapid ~], 4 (cards) एक ही रंग के एक-दूसरे से बड़े तीन या अधिक पत्ते, 5 (*gram*) **~ of tenses** अप्रधान वाक्य की क्रिया का काल निर्धारित करने के नियम, काल-नियम, *e.g.* I *think* you *are* wrong; I *thought* you *were* wrong.

sequester सि-क्वॅस्टर *vt* & *i* 1 पृथक् करना, अलग(-थलग) करना, दूसरों के संपर्क में न आने देना; **to ~ oneself (from the world)** किसी से मेल-जोल न रखना, एकान्तवास करना, 2 *law* (ऋणी की संपदा को) अस्थायी रूप से ज़ब्त कर लेना; विवादास्पद संपत्ति को वादी और प्रतिवादी दोनों से ले लेना, 3 *vi* (of widow) पति की संपदा पर हक छोड़ देना; **~ed** *a* 1 (of life) एकान्त, 2 (of spot) अलग-थलग, एकान्त, 3 (of property) ज़ब्त

sequestrate सि-क्वॅस्ट्रेट *vt* = sequester 2 & 3

sequestration सीक्वॅस्-ट्रेशन *n* 1 पृथक्करण, 2 एकान्तवास, 3 ज़ब्ती

seraglio सि-राल्यो *n* 1 अन्तःपुर, रनिवास, ज़नानख़ाना, हरम, 2 *hist* कान्स्टेंटिनोपल (Constantinopole) में तुर्की के सुलतान का महल जिसके अन्दर सरकारी दफ़्तर भी होते थे

seraph सॅरफ़ *n* (*pl* ~im, ~s) 1 दिव्य प्राणी, देवता, फ़रिश्ता, 2 ईसाई मतानुसार देवताओं के नौ वर्गों में से उच्चतम वर्ग का देवता

seraphic स-रैफ़िक *a* 1 देवतुल्य; 2 परम भक्तिमान्

sere¹ सिअर *n* बन्दूक का कुत्ता

sere² *a* (*poet*) मुर्झाया हुआ, कुम्हलाया हुआ

serenade सॅर-नेड *n* & *vt* (प्रेमी द्वारा सन्ध्या समय प्रेयसी की खिड़की के पास खड़े होकर गाया जाने वाला) प्रणय गीत, *vt* (प्रेयसी को) प्रणयगीत सुनाना

serene सि-रीन *a* 1 (of atmosphere) शान्त, निस्तब्ध, (of sky) मेघशून्य, निर्मल, साफ़, (of sea) शान्त, अक्षुब्ध, 2 (of person) शान्तस्वभाव, सौम्य, धीर, 3 (*sl*) All serene! बहुत अच्छा! ठीक है !

serenity स-रॅनिटि *n* 1 शान्ति, निस्तब्धता, अक्षुब्धता, 2 शान्त स्वभाव, सौम्यता

serf सर्फ़ *n* कृषिभूमि पर काम करने वाला गुलाम (जो भूमि के साथ ही हस्तान्तरित हो जाता था); गुलाम, कृषिदास, कमिया; ~**dom** *n* गुलामी, दासता, कमिया प्रथा

serge सर्ज *n* **1** दुसूती की बुनाई का मोटा ऊनी कपड़ा, सर्ज, **2** silk ~ अस्तर का रेशमी सर्ज

sergeant, -jeant सार्जन्ट, *n* **1** *mil* (*abbr* **sergt.**) कार्पोरल से बड़ा सैनिक अधिकारी (जिसका काम ड्रिल सिखाना आदि है), **2** कान्स्टेबल से बड़ा और इन्स्पेक्टर से छोटा पुलिस अफ़सर, **3 serjeant-at-arms** सभापाल, अदालत या विधानसभा में शांति बनाये रखने वाला अफ़सर

serial सिअरिअल *a* & *n* **1** शृंखला या माला का, शृंखलागत, शृंखलाबद्ध, क्रमागत, क्रमबद्ध, क्रमिक, ~ **number** क्रमसंख्या, क्रमांक, **2** (of story, play) धारावाही, धारावाहिक, **3** (of publication) नियत कालान्तर पर प्रकाशित होने वाला, धारावाही, *n* धारावाही कहानी या उपन्यास; ~**-ize** *vt* (कहानी, उपन्यास को) धारावाहिक रूप से या क्रमश: प्रकाशित करना; ~**ly** *adv* **1** क्रमानुसार, यथाक्रम, क्रमसंख्या के अनुसार, **2** धारावाहिक रूप से

seriate सिअरिअट *a* & सिअरिएट *vt* क्रमानुसार रखा हुआ, क्रमबद्ध; *vt* क्रमबद्ध करना

seriatim सिअरि-एटिम *adv* (किसी विषय की) एक-एक बात को क्रमानुसार लेते हुए, एक-एक करके [to consider, discuss, take, sth ~]

sericulture सेरिकल्चर *n* रेशम के कीड़े पालना, रेशम-उत्पादन; **sericulturist** *n* रेशम के कीड़े पालने वाला, रेशम-विज्ञानी

series सिअ-रीज़ *n* (*pl* same) **1** एक-जैसी या परस्पर-संबधित वस्तुओं आदि का समुदाय, श्रेणी, शृंखला [a ~ of kings], माला [a ~ of articles, books], सिलसिला, तांता, क्रम [a ~ of misfortunes], **2** (*math*) श्रेणी [**arithmetical, geometrical,** ~]; **infinite** ~ अनन्त श्रेणी, **3** (*adv phr*) **in series** क्रमानुसार, यथाक्रम

serigraph सेरिग्राफ़ *n* कौशेय चित्र (see foll)

serigraphy स-रिग्रफ़ि *n* लकड़ी के चौखटे में तान कर रखे रेशमी कपड़े के प्रयोग से डिज़ाइन या चित्र बनाने की विधि, कौशेय-चित्रण

serio-comic सिअरिओ-कॉमिक *a* वस्तुत: मज़ाकिया किन्तु दिखाने को गंभीर, वस्तुत: गंभीर पर ऊपर से मज़ाकिया; हर्षविषादमय; हंसाने वाला भी और रुलाने वाला भी

serious सिअरिअस *a* **1** (of person) गंभीर, संजीदा, विचारशील, शान्तस्वभाव, **2** अपनी ज़िम्मेदारी समझने वाला, ज़िम्मेदार, लगन से काम करने वाला [a ~ politician], **3** गंभीरतापूर्वक विचार करने लायक, गंभीर, महत्त्वपूर्ण [a ~ matter], **4** ख़तरनाक, चिन्ताजनक [~ accident, illness]; विकट, बड़ा भारी [~ defeat], घोर, भीषण, संगीन [~ crime, charge, offence], **5** सच्चा, हार्दिक, दिली, लगन के साथ किया हुआ [a ~ attempt]; लगन के साथ काम करने वाला [Be ~ about your work], **6** जो सचमुच चाहता हो, वस्तुत: उत्सुक, **I am serious** मैं सच कह रहा हूं; मज़ाक नहीं कर रहा

seriously सिअरिअस्लि *adv* **1** ~ ill सख़्त बीमार, **2** to take sth ~ (i) किसी बात को सच मान लेना, सच मान कर आवश्यक कार्यवाही करना [The govt. took the threat of an invasion seriously], (ii) किसी बात से बहुत दु:खी होना; **3** सचमुच (न कि मज़ाक में), **4** दिल से, जी जान से

seriousness सिअरिअस्निस *n* **1** गंभीरता, महत्त्व [~ of the question, matter], **2** भयंकरता, विकटता [~ of an illness], **3** घोरता, भीषणता [~ of a crime], **4 in all** ~ दिल से, जी से, सचमुच (न कि मज़ाक में), यथार्थत:

serjeant सार्जन्ट (see sergeant)

sermon सर्मन *n* **1** (प्राय: धर्मग्रन्थ पर आधारित) उपदेश, प्रवचन, व्याख्यान, **S~ on the Mount** ईसा द्वारा अपने शिष्यों के सामने किया गया प्रवचन-विशेष, **2** शिक्षा, नैतिक विचार [esp. ~s in stones], **3** झाड़, झिड़की, डाँट-फटकार, भर्त्सना; ~**ize** *vt* & *i* **1** डाँटना, फटकारना, झाड़ना, **2** *vi* प्रवचन झाड़ना, व्याख्यान देते फिरना, ~**izer** *n* **1** उपदेशक; **2** डाँटने-डपटने वाला, भर्त्सना करने वाला

serosity सिअ-रॉसिटि *n* (f. serous) पानी-जैसा होना, तरलता

serotinous सि-रॉटिनस *a* (*bot*) मौसम में देर से पैदा होने वाला, विलंबित, पिछेती

serous सिअरस *a* (f. serum) पानी-जैसा, पनीर-जल-जैसा, सीरम-जैसा, सीरमी

serpent सर्पन्ट *n* **1** साँप, सर्प, **2 the, the old, S~** शैतान, **3** धोखेबाज़ आदमी, विश्वासघातक, **4** ~**-charmer** सँपेरा

serpentine सर्पन्टाइन *a* **1** सर्पाकार, सर्पिल, टेढ़ा-मेढ़ा, चक्करदार [~ path, stream], **2** धूर्त, चालाक, धोखेबाज़, विश्वासघाती

serpiginous सर्-पिजिनस *a* **1** दाद से पीड़ित, दद्रुपीड़ित, **2** (of skin disease) विसर्पी, एक अंग से दूसरे अंग में फैलने वाला

serra सेरः *n* (*anat., bot., zool*) आरे-जैसा दाँतेदार अंग या किनारा, क्रकच

serrate सेरेट *n* & *vt* आरे की तरह दाँतेदार या दन्दानेदार (बनाना); ~**d** *a* दाँतेदार किनारे वाला, क्रकची, क्रकचित

serried सेरिड *a* (of ranks of soldiers, rows of trees) पास-पास स्थित, अविरल, सटा हुआ, घना, निबिड़; **in** ~ **ranks** कंधे से कंधा मिला कर खड़े हुए

serum सिअरम *n* (*pl* ~**s, sera**) **1** पनीर-जल, **2** रक्त का पानी-जैसा निर्मल अंश, रक्तोद, सीरम, **3** लसीका

servant सर्वन्ट *n* 1 नौकर, चाकर, सेवक, दास, भृत्य; ~ of ~s दासानुदास, 2 कर्मचारी, अधिकारी, अफ़सर, public ~ राजकर्मचारी, सरकारी अफ़सर, 3 a good ~ but a bad master ऐसी वस्तु जो साधन-रूप में तो उपयोगी हो किन्तु जो लक्ष्य बन जाने पर हानिकर सिद्ध हो [Money is a good ~ but a bad master]

serve सर्व *vt & i* 1 नौकरी करना [to ~ in the army, navy, etc], 2 सेवा करना, का नौकर होना [to ~ a master], 3 काम करना, का सदस्य होना [to ~ on the jury, committee, etc], 4 to ~ one's apprenticeship काम सीखना, प्रशिक्षण लेना, प्रशिक्षण-काल पूरा करना, **to ~ one's term** कार्यकाल पूरा करना (also see next), 5 **to ~ a sentence** सजा या दण्ड भुगतना, कैद काटना, दण्ड की अवधि पूरी करना [also, **to ~ (one's) time**]; **to ~ one's time** अपने पद का कार्यकाल पूरा करना, 6 जरूरत पूरी करना, पर्याप्त होना [**to ~ the** (*or* **one's) need**(s) *or* **turn**]; काम देना, उपयोगी सिद्ध होना; **It will ~ the purpose** इससे काम चल जाएगा; **to ~ the purpose of** का काम देना [This box will ~ the purpose of a table], it ~s to show that ··· इससे यह स्पष्ट या सिद्ध होता है कि; 7 No bus ~s this village कोई बस इस गांव में आती-जाती नहीं है; इस गांव में बस-सेवा नहीं है, 8 **to ~ s.o. with a notice; to ~ a notice on s.o.** किसी को विधिवत् नोटिस पहुंचा देना, किसी पर नोटिस की तामील करना या कराना, 9 (Tennis) to ~ (the ball) गेंद फेंकना, 10 बर्ताव करना [to ~ s.o. well, badly]; That **serves him right!** उस (अपराधी) को ठीक दण्ड मिला है! उसके साथ ऐसा ही होना चाहिए था! वह इसी के योग्य है!, 11 **to ~ (rations etc) out** (खाद्यसामग्री) बांटना, **to ~ (up)** (dinner, a dish, etc) परोसना, (खाना) मेज पर ला कर रखना; Dinner is ~d खाना परोसा जा रहा है, खाना मेज पर लाया जा रहा है, [Rice is ~ed piping hot; ice-cream will be ~d in the next room], 12 *vi* का काम देना, के रूप में काम आना [to ~ as a pretext, as an example, etc; this box will serve (me) as *or* for (a) table

service^1 सर्विस *n* 1 नौकरी, चाकरी; to be in ~ नौकर होना, **to take ~ with s.o.** किसी के यहां नौकरी करना; **to take s.o. into one's ~** किसी को नौकर रखना; 2 नौकरी, सेवा, मुलाज़िमत; विभाग; विभाग के कर्मचारी; **Public ~s** सरकारी नौकरियां या सेवाएं, राजकीय सेवाएं; **the (fighting) ~s, the (three) services** स्थल सेना, नौसेना और वायुसेना; सेना के तीनों अंग; **Postal ~** डाक-विभाग (का काम); डाक-सेवा; **Train ~s, Bus ~s** नियत समय पर आने-जाने वाली गाड़ियां या बसें, ट्रेन-सेवा, बस-सेवा, 3 सहायता, मदद, उपकार [**to render, do, s.o. a ~**]; सेवा, शुश्रूषा, परिचर्या, ख़िदमत, टहल, **I am at your ~** मैं आपकी सेवा के लिए हाजिर हूं; **to be of ~ to s.o.** किसी की सेवा करना, किसी के काम आना, किसी के लिए उपयोगी सिद्ध होना; 4 *law* (नोटिस, सम्मन आदि की) तामील, **personal ~** नोटिस पहुंचाने के अतिरिक्त उसे पढ़कर सुनाना; 5 *eccl* प्रार्थना, पूजा, उपासना [morning, evening, ~], 6 क्रिया, अनुष्ठान [burial ~], 7 (यन्त्रों, मोटर आदि की) मरम्मत, सफ़ाई-धुलाई, **~ station** (ऐसी सुविधा सहित) पेट्रोल स्टेशन, 8 भोजन का परोसना, देना [Dinner, tea, ~], 9 (Tennis) गेंद का फेंकना, 10 *attrib*: सेना का, सैनिक, फ़ौजी [the service rifle; the three Service Chiefs]; 11 *comb*: **~-book** सेवा (का रिकार्ड रखने की) पुस्तिका; **~ charge** भोजन आदि मेज पर लाने का शुल्क, सेवा-शुल्क

service^2 *vt* (यन्त्रों, मोटर-गाड़ियों की) मरम्मत और सफ़ाई(-धुलाई) करना

serviceable सर्वि-स-बल *a* 1 (of person) काम करने को तैयार, काम करने लायक, 2 (of thing) जो काम दे सके, काम का, उपयोगी, 3 बहुत दिन चलने वाला, पक्का, टिकाऊ

serviette सर्वि-ऍट *n* = napkin, 1

servile सर्वाइल *a* 1 गुलामों का, गुलामों-जैसा; दासोचित, दासवत् [~ imitation, mentality, submission], 2 (of person) चापलूस, खुशामदी, जीहुज़ूरिया, नाक रगड़ने वाला; दीन-हीन, कमीना; **servility** सर्विलिटि *n* 1 दासता की भावना या मनोवृत्ति, दीनता, 2 चापलूसी, खुशामदीपन

servitude सर्विट्यूड *n* 1 दासता, गुलामी, 2 कैद, **penal ~** कड़ी कैद, 3 *law* एक की जमीन पर से दूसरे को गुजरने का अधिकार दिया जाना, (एक की संपत्ति पर दूसरे को दिया गया) भोगाधिकार

sesame सेॅसमि *n* 1 तिल, 2 **Open ~** खुल सिम-सिम (अर्थात् बन्द द्वार खुलवाने का मन्त्र)

sess सेॅस *n* = cess

sessile सेॅसाइल *a* (of flower, leaf) बिना डंडी का, वृन्तरहित, अवृन्त

session सेॅशन *n* 1 सत्र, अधिवेशन [budget ~, winter ~], बैठक; **The House is now in ~** इस समय संसद् की बैठक हो रही है; **to have a long ~** लंबी बैठक (या लंबा सत्र) होना, 2 **sessions court** सत्र-न्यायालय

sessional सेॅशनल *a* सत्र का, सत्रकालीन, संसद् के सत्र तक लागू रहने वाला [~ order]

sestet सेॅस्टेॅट *n* = sextet

set^1 सेॅट *vt & i* I (*vt*) 1 रखना [to ~ chairs for the guests], 2 गाड़ना, जमाना [to ~ a stake in the ground], जड़ना [to set a gem],

3 बैठाना [to ~ s.o. on the throne], to ~ **a trap** जाल बिछाना, **4** **to set the clock, watch** घड़ी ठीक करना; **to ~ the alarum for** 5 o'clock पांच बजे का अलारम लगाना; **5** (धार) तेज करना [to ~ the razor], **6** **to ~ one's hand to a task** काम में हाथ लगाना, काम शुरू करना; **7** to ~ fire to sth, to ~ sth **on fire** आग लगाना; to ~ (*or* put) sth on the fire आग पर रखना, चूल्हे पर चढ़ाना; **8** **to ~** a sail पाल चढ़ाना या लगाना; **to ~ sail** (नदी-, समुद्र-) यात्रा आरंभ करना; **9** निश्चित या नियत या निर्धारित करना [to ~ a date, day, etc]; to ~ limits to sth किसी बात की सीमा निर्धारित करना, **10** **to ~ the fashion** फ़ैशन चलाना; **11** **to ~ the pace** (see pace *n*, 5); **12** जोड़ना [to ~ a bone], **13** to ~ curds, jellies दही जमाना, जेली जमाना, **14** to ~ a paper प्रश्नपत्र बनाना, **15** to ~ words to music शब्दों को स्वर में बांधना, स्वरबद्ध करना; **16** to ~ s.o. to work किसी को काम में लगाना; **II** (*vi*) **1** (of sun, moon, star) डूबना, अस्त होना, **2** (of broken bone) जुड़ना, **3** (of milk) जमना, दही जमना, **4** **to ~ to work** काम में लगना, काम शुरू करना, **III** (*vt* & *i* with *advv* & *prepp*); **1** to ~ **about** one's work, to ~ **about** doing sth काम शुरू करना; **2** to ~ one thing **against** another एक वस्तु को दूसरी के मुकाबले पर रखना, दूसरी का समतोल समझना; **3** to ~ **one's face against** sth का घोर विरोध करना; **4** **to ~ apart** (i) (विशेष काम के लिए) अलग करना, (ii) (भावी उपयोग के लिए) अलग रख देना, **5** to ~ **aside** (i) = to set apart, (ii) हटा देना, रद्द करना, अस्वीकार करना [to ~ aside an objection], **6** to ~ **back** (घड़ी को) पीछे करना; पीछे की ओर ले जाना; (प्रगति) रोकना, बाधा डालना [Our efforts to discourage smoking have been ~ back], **7** to ~ **down** passengers यात्रियों को उतार देना; to ~ sth **down** in writing लिपिबद्ध करना; to ~ s.o. **down** as a fool किसी को मूर्ख समझना या कहना; **8** to ~ **forth** (सिद्धान्त) प्रतिपादित करना, (विचार, दलील) प्रस्तुत करना [to ~ forth a theory, one's views, etc]; **9** to ~ **in** आरंभ होना [the rains have ~ in], **10** to ~ **off** (i) रवाना होना, प्रस्थान करना; (ii) (बन्दूक आदि) छोड़ना; (iii) to ~ off a debt ऋणशोध की व्यवस्था करना; ऋण चुकाने के लिए (धन आदि) रख देना; (iv) सौन्दर्य बढ़ाना (Jewellery sets off a handsome face]; **11** to ~ **on** आक्रमण करना; to ~ a dog on s.o. किसी पर कुत्ता छोड़ना, **to ~ one's heart, hopes, on** sth बहुत चाहना; उम्मीद बांधना या लगाना; **12** to ~ **out** रवाना होना, प्रस्थान करना; to ~ out one's ideas clearly अपने विचार स्पष्टता से प्रस्तुत करना, **13** to ~ **up** खड़ा करना, गाड़ना, जमाना [to ~ up a statue], स्थापित करना [to ~ up an institution etc]; to ~ s.o. up in business किसी को व्यापार में लगाना; to ~ up a shout शोर मचाना, चिल्लाना, to ~ **up as** *or* **for** (*colloq*) ढोंग करना, बन बैठना [He has ~ up as a palmist], **14** to ~ **upon** (the enemy) आक्रमण करना, टूट पड़ना; **IV** (*other indiomatic expressions*), **1** **to ~ ~ foot on** पाँव रखना, पदार्पण करना; **2** **to ~ (a scheme) on foot** चलाना, चालू करना, आरंभ करना; **3** **to ~ one's house in order** अपने घर या दल की हालत ठीक करना; देश में सामाजिक या राजनीतिक सुधार लागू करना, **to ~ one's teeth** दाँत भींचना, *fig* पक्का इरादा करना, **4** **to ~ a price on s.o.'s head** किसी को मारने के लिए इनाम घोषित करना, **5** **to ~ people by the ears** परस्पर लड़ाना या झगड़ा करवाना; **6** **to ~ (much, great) store by** sth बहुत कद्र करना, मूल्यवान् समझना; **to ~ no, little, no great, store by** sth कद्र न करना, मूल्यवान् न समझना, **7** to ~ the table मेज लगाना, खाना लगाना; **8** **to ~ the Thames on fire** कोई अद्भुत या असाधारण काम करना, करिश्मा कर दिखाना [*N.B.* The use of Thames for 'temse' (= sieve) is a general error which has become established]; **9** **to ~ at defiance = to ~ at naught** (see naught)

set^2 *a* **1** **to be all ~** (*colloq*) (अधिवेशन आदि के आरंभ की) पूरी तैयारियां हो चुकना, तैयार होना [All is ~ for the session], Get ~ for the flight उड़ान के लिए तैयार हो जाओ; We are all ~ हम बिल्कुल तैयार हैं, **2** नियत, निर्धारित, पक्का; ~ **book** (परीक्षा के लिए) नियत पाठ्य-पुस्तक; ~ **price** नियत मूल्य; ~ **purpose** पक्का इरादा; **of ~ purpose** जान-बूझ कर; ~ **phrase** घिसी-पिटी उक्ति; ~ **speech** पहले से तैयार किया हुआ भाषण; **3** **to be ~ on sth** किसी बात पर तुल जाना, उतारू होना, अटल निश्चय कर लेना, **4** ~ **square** गुनिया, लम्बकोणक, ~ **time** नियत समय

set^3 *n* **1** एक-जैसे लोगों का समुदाय, वर्ग, दल, मंडली [a fine ~ of men, players, etc]; **2** एक-जैसी या एक साथ काम आने वाली वस्तुओं का समुदाय, समुच्चय, समूह, कुलक; dinner ~ खाना परोसने के (सब) बर्तन; **3** लेखक की सब रचनाओं का संग्रह, कुलक, ग्रन्थमाला [~ of novels by Dickens]; ~ **(of teeth)** व्यक्ति के सारे-के-सारे (असली या नकली) दाँत, दन्तसमुच्चय, **4** प्रवृत्ति, झुकाव, रुझान [the ~ of his mind is towards intolerance], **5** ठवन, मुद्रा [the ~ of his head]; 6 शिकारी कुत्ते का एकाएक रुक कर शिकार की ओर इशारा; **to make a dead ~ at . . .** मिल कर जबरदस्त आक्रमण करना (वि० दलीलों, व्यंग्य या उपहास के द्वारा); पिल पड़ना, 7 *theatr* सचित्र पर्दा, मञ्चसज्जा, 8 (Tennis) छ: या आठ खेलों की बाज़ी, 9 **Wireless ~, receiving ~** रेडियो-सेट, 10 *comb*: **set-back** (प्रगति में) रुकावट, बाधा, गतिरोध, (व्यापार में) घाटा, धक्का; (रोग का) आवर्तन; (इमारत की सड़क से) हट कर स्थिति, पश्चस्थिति, **~-down** दुतकार, इन्कार, अस्वीकृति, **टका-सा** जवाब; **~-off** (i) मुकाबले पर रखी गई चीज़, (ii) ऋण आदि का मुआवज़ा, (iii) मुजराई, (iv) सौन्दर्य बढ़ाने वाली चीज़, अलंकार; **~-out** आरंभ; **~-to** हाथापाई; **~-up** (संस्था आदि का) ढांचा, रचना, बनावट

setaceous सी-टेशस *a* 1 सूअर-के जैसे कड़े बालों वाला, शूकयुक्त, कांटेदार, 2 कण्टकाकार, शूकाकार

setiferous, setigerous, setose सि-टिफ़रस; -टिजरस; सी-टोस *aa* शूकमय, शूकधारी

seton सीटन *n* (*surg*) सूत आदि की बत्ती

settee से`टी *n* 1 बेंच, 2 सोफ़ा

setter से`टर *n* 1 शिकार की गंध पाकर एकाएक रुक जाने के लिए सधाया हुआ कुत्ता, 2 **~-on** भड़काने वाला, शह देने वाला

setting से`टिङ्ग *n* 1 कोश या ख़ाना जिसमें रत्न जड़ा जाता है, (रत्न का) घर; 2 किसी वस्तु की शोभा बढ़ाने के लिए उसके आस-पास रखी गई वस्तुओं का समुदाय, पृष्ठभूमि, 3 पास-पड़ोस, प्रतिवेश, परिवेश, परिपार्श्व, 4 *theatr* नाटक प्रस्तुत करने का ढंग; मंच-सज्जा, दृश्यविन्यास, 5 संगीत-रचना, संगीत

settle^{1} से`टल *n* बेंच (जिसके नीचे प्राय: सन्दूक बनी हुई होती है)

settle^{2} *vt & i* I (*vt*) 1 (लोगों को) बसाना, 2 (प्रदेश को) आबाद करना, (उपनिवेश) बसाना, 3 to ~ one's children बच्चों को काम या कारोबार में लगाना, अपने पैरों पर खड़ा करना; **to ~ one's affairs** वसीयत द्वारा जायदाद का वितरण करना; 4 निश्चय करना, निर्णय करना, फ़ैसला करना [to ~ the succession], 5 नियत करना, स्थिर करना [to ~ a day, place, etc]; 6 निपटाना, सुलझाना [to ~ a question, quarrel]; to ~ a doubt शंका का समाधान करना; **to ~ an affair out of court** समझौता कर लेना; 7 (कानूनी कार्यवाही द्वारा) दे देना, किसी के नाम लिख देना [to ~ an annuity **on** s.o.; to ~ a property **on** one's wife]; 8 चुकाना, अदा करना, भुगतान करना [to ~ a debt]; II (*vi*) 1 बसना, आबाद होना [**to ~ (down) in India, Delhi**]; 2 बैठना, आ बैठना; बैठ जाना [A bird ~s on a branch], 3 (of liquid) निथरना; (of sediment) नीचे बैठ जाना, 4 करने लग जाना [to ~ down to dinner]; **to ~ (down) to work** शान्त या निश्चिन्त हो कर काम में लग जाना, **I cannot ~ (down) to anything** (घबराहट के कारण) मैं कोई काम नहीं कर सकता; 5 धंसना [the house, foundation, is settling], 6 देनदारी का भुगतान करना, निपटारा करना [to ~ **with** one's creditors]; 7 (of passion) शान्त होना; 8 व्यवस्थित होना, ठीक होना [Things are settling down], 9 to ~ **upon** sth कोई चीज़ लेने या काम करने का फ़ैसला कर लेना

settled से`टल्ड *a* 1 (of person, country) बसा हुआ, आबाद, 2 निश्चित, नियत [~ policy], पक्का, स्थिर [~ intention], 3 निर्णीत, तय [~ question], 4 चुकता किया हुआ, बेबाक [~ account]

settlement से`टल्मन्ट *n* 1 बस्ती, आबादी; उपनिवेश, 2 ~ of land भूमिव्यवस्था, बन्दोबस्त; ~ officer बन्दोबस्त अधिकारी; 3 प्रबन्ध, व्यवस्था, 4 निर्णय, फ़ैसला, निपटारा, 5 समझौता, 6 (ऋण आदि का) भुगतान, 7 (जायदाद का) हस्तान्तरण; **marriage ~** पत्नी और उसके बच्चों के नाम जायदाद (का अंश) लिख देना, 8 नगर के झुग्गी-झोंपड़ी क्षेत्र में समाज-सेवा के लिए बस जाना, 9 (दीवार, मकान, धरती आदि की) धंसान, धंसाव

settler से`ट्लर *n* नये इलाके या उपनिवेश में बसने वाला, आवासी, अधिवासी

seven से`वन *a & n* सात, सप्त [the S~ Sages; see sage], *n* 1 सात (की संख्या) [Twice ~ is fourteen], 2 सात का अंक, 3 सात व्यक्तियों या वस्तुओं का समूह; **~fold** *a & adv* सातगुना;. (*adv*) सात बार

seventeen सेॅवन्टीन *n* सत्रह; **seventeenth** *a* सत्रहवां

seventh से`वन्थ *a & n* सातवां, सप्तम, the seventh (=7th day of the month) सातवीं तारीख़, **to be in the ~ heaven** बड़े आनन्द में होना; स्वर्ग या वैकुंठ में होना; ~ part सातवां भाग, *n* सातवां भाग [one ~, two ~s]

seventieth से`वन्टिअथ *a & n* सत्तरवां; *n* सत्तरवां भाग

seventy से`वन्टि *a & n* सत्तर, 1 सत्तर (की संख्या); सत्तर का अंक; 2 the seventies (शताब्दी के, व्यक्ति की आयु के) 70 से लेकर 79 तक के वर्ष

sever से`वर *vt* 1 अलग करना, पृथक् करना [to ~ husband and wife], 2 (काटकर) अलग करना, काटना [to ~ s.o.'s head (**from** his body)]; 3 (संबंध) तोड़ना, विच्छेद करना [to ~ one's connections **with** s.o.]

several से`व्रल *a & pron* 1 अलग-अलग, भिन्न-भिन्न, अपना-अपना, व्यक्तिगत [each has his ~ ideal]; ~ estate व्यक्तिगत संपदा; **collective and ~ responsibility** संयुक्त और व्यक्तिगत

उत्तरदायित्व, **joint and several** (of bond etc.) संयुक्त और व्यक्तिगत, 2 कुछ, कई [He and ~ others; they came here ~ times]; *pron* कुछ या कई लोग या वस्तुएं [I saw many people and spoke to ~ (of them)

severally से॑व्रलि *adv* अलग-अलग, व्यक्तिगत रूप से [jointly and ~ liable]

severalty सेव्रल्टि *n* 1 पृथक्ता, पृथक्त्व, पार्थक्य, 2 संपदा आदि पर व्यक्तिगत अधिकार; निजी संपदा

severance से॑व्रन्स *n* (f. sever) 1 पृथक्करण, अलहदगी, ~ **pay** नौकरी से हटाने पर दी जाने वाली राशि, पृथक्करण वेतन, 2 विच्छेद [~ of relations]; 3 कट जाना, भंग [~ of communications]

severe सि-विअर *a* 1 कड़ा, कठोर, सख़्त [~ discipline, sentence, regulations], **to be ~ upon s.o.'s failings** किसी की त्रुटियों के लिए उस के साथ सख़्ती करना, किसी की त्रुटियों को बिलकुल न सहन करना, 2 (of weather) बहुत ठंडा, बहुत ख़राब, a ~ winter चिल्ले का जाड़ा, ~ cold सख़्त सर्दी; 3 बेहद, आत्यन्तिक, सख़्त [~ pain]; ~ blow भारी धक्का या आघात, 4 कठिन, कड़ा, सख़्त, जबरदस्त [~ test, competition], 5 अनावश्यक तत्त्वों से रहित, अलङ्काररहीन, सादा [~ architecture, style], 6 व्यंग्यपूर्ण, कटु [~ remarks]

severely सि-विअरलि *adv* 1 कड़ाई से, कठोरता से, सख़्ती से, 2 **to leave** *or* **let ~ alone** (अवांछनीय समझ कर) बिलकुल छोड़ देना, पर विचार न करना, हाथ न लगाना; I was left ~ alone किसी ने मेरी तरफ़ तनिक ध्यान नहीं दिया; किसी ने मुझ से बात तक नहीं की

severity सि-वे॑रिटि *n* 1 कड़ाई, कठोरता, सख़्ती, to use ~ सख़्ती करना या बरतना, सख़्त सज़ा देना, 2 उग्रता, प्रचंडता, घोरता, (मौसम की) ख़राबी [the ~ of the winter in the hills], (रोग की) भयङ्करता या उग्रता; 3 अलङ्काररहीनता, सादगी [~ of style]

sew सो *vt* & *i* (*pp* sewn *or* sewed) 1 सीना [to ~ a shirt, bag, wound, etc]; to ~ on a button बटन लगाना, 2 *vi* सिलाई करना

sewage स्यूइज *n* मोरी या गंदी नाली का पानी, मल, मैला, मल-मूत्र; **~-farm** खेत जहां नगर का गंदा पानी खाद के तौर पर बरता जाता है; ~ **system** मलप्रवाह की व्यवस्था, मलवाहन, गंदे पानी के नाले-नालियां

sewer^1 सो-अर *n* सिलाई करने वाला

sewer^2 स्यूअर *n* 1 गंदे पानी का नाला या नाली, गंदा नाला, गंदी नाली, मोरी, 2 **~-gas** मोरी की गंदी हवा

sewerage स्यूअ-रिज *n* 1 मल (प्रवाह-) व्यवस्था, (गन्दे पानी के) नाले-नालियां, 2 मोरी का पानी, गन्दा पानी, मल, मैला

sewing सो-इङ्ग *n* सिलाई; ~-machine सिलाई की मशीन

sex से॑क्स *n* 1 लिंग, स्त्री या पुरुष होने का भाव; without distinction of age or sex छोटे-बड़े या स्त्री-पुरुष का भेद किए बिना; 2 **the fair** *or* **gentle** *or* **weaker sex** नारी जाति; **the sterner ~** पुरुष-जाति, पुरुष(-वर्ग); both ~s स्त्रियां और पुरुष; 3 काम, काम-वासना, *colloq* मैथुन [to have ~ (with s.o.)]; ~ **act** मैथुन, संभोग, 4 **sex appeal** (स्त्री-पुरुष का परस्पर) आकर्षित करने का गुण, अपने से भिन्न लिंग वाले के प्रति आकर्षण, लैङ्गिक आकर्षण; **~-starved** जिसकी काम-वासना अतृप्त हो, संभोगवंचित

sexagenarian से॑क्स-जिने॑अ-रिअन *a* & *n* 60 से लेकर 69 वर्ष तक का (व्यक्ति)

sexagenary से॑क्स-जीनरि *a* 1 साठ का; 2 साठ-साल का (= prec.)

sexagesimal से॑क्स-जे॑सिमल *a* साठवां; साठ का, साठ-साठ का, षाष्ठिक [~ system]

sexennial से॑क्से॑निअल *a* छ: साला, षड्वार्षिक

sexless से॑क्स-लेस *a* नपुंसक, हिजड़ा

sexologist से॑क्-सो॑ल-जिस्ट *n* कामशास्त्री; **sexology** से॑क्-सो॑ल-जि *n* कामशास्त्र, कामविज्ञान

sextant से॑क्सटन्ट *n* (जहाज़रानी आदि में काम आने वाला) कोणिक दूरी मापने का यन्त्र, सेक्सटेंट

sextet(te) सेक्स्टे॑ट *n* 1 छ: गायकों या वाद्यों का समूह, गायक-षट्क, वाद्यषट्क; 2 छ: गायकों द्वारा गाया जाने वाला गीत, षट्पदी; छ: वाद्यों पर बजाई जाने वाली संगीत-रचना, 3 छ: का समूह, षट्क

sextillion से॑क्स्-टिल्यन *n* दस लाख को दस लाख से छ: बार गुणा करने से प्राप्त संख्या, 1 के साथ 36 शून्य लगाने से बनी संख्या

sexton से॑क्स्टन *n* गिरजाघर की देखभाल करने वाला कर्मचारी (जो कभी-कभी कब्र खोदने का काम भी करता है), गिरजादार

sextuple से॑क्स्ट्यूपल *a* & *n* छ: गुना (परिमाण या राशि); *vt* & *i* छ: गुना करना या हो जाना

sextuplet से॑क्स्ट्यूप्लिट *n* एक साथ जन्मे छ: बच्चों में से एक

sexual से॑क्शुअल *a* 1 लिंग-संबंधी, लिंगभेद-संबंधी, लैंगिक; ~ affinity लैंगिक आकर्षण; ~ **~ organs** जननेन्द्रियां, ~ **intercourse** मैथुन; ~ appetite मैथुनेच्छा; 2 *bot* नर-मादा के भेद या लिंगभेद पर आधारित [~ classification], लैंगिक; **~ity** से॑क्शु-ऐलिटि *n* 1 संभोगक्षमता; समर्थ जननेन्द्रिययुक्त होना, लैंगिकता, 2 काम-वासना, कामासक्ति; **~ize** *vt* (किसी को) स्त्री या पुरुष अथवा नर या मादा मानना, लिंगारोप करना

sexy से॑क्सि *a* 1 कामासक्त, कामी, विषयी, 2

कामोत्तेजक, कामोद्दीपक [~ dresses], 3 काम-वासनाविषयक [a ~ novel]

shabbiness शैबिनिस 1 ओछापन, नीचता, 2 कंजूसी, कृपणता, 3 फटा-पुराना या टूटा-फूटा होना, जर्जरता, जीर्णता, 4 (of person) दुर्दशा, दरिद्रता

shabby शैबि *a* 1 ओछा, कमीना, नीचतापूर्ण [to play s.o. a ~ trick], 2 कंजूस, कृपण, 3 (of dress, furniture, etc] फटा-पुराना, जर्जर, जीर्ण-शीर्ण, टूटा-फूटा, 4 (of person) फटे-हाल, फटीचर, दुर्दशाग्रस्त, 5 **~-genteel** व्यक्ति जिसके कपड़ों से यह पता चले कि वह कभी अमीर था, दुर्दशाग्रस्त कुलीन

shack शैक *n* (प्राय: लकड़ी की बनी) कुटिया, झुग्गी, झोंपड़ी

shackle^1 शैकल *n* 1 (ज़ंजीर का) छल्ला, कड़ी, लंगर का छल्ला, (ताले का) कुंडा, कोंढ़ा, 2 in *pl* हथकड़ी, बेड़ी (also *fig*) पाश, बन्धन [the ~s of convention]

shackle^2 *vt* 1 जकड़ना, बांधना, (किसी के) बेड़ियां डालना, हथकड़ी लगाना [to ~ a prisoner], 2 बन्धन में डालना, बाधित या सीमित करना, 3 रोकना, रुकावट डालना

shad शैड *n* एक प्रकार की भक्ष्य मछली

shaddock शैडक *n* चकोतरा (पेड़ और फल)

shade^1 शेड *n* 1 छाया, छांह, (*fig*) **to throw s.o. into the ~; to put s.o., sth, in the ~** मात करना, 2 in *pl* (संध्या काल का) झुटपुटा, धुँधलका [the ~s of evening], (रात्रि का) अँधेरा [the ~s of night]; 3 चित्र का वह भाग जहां रंग गहरा हो, छाया, 4 रंग की गहराई की कोटि, आभा, a lighter ~ of this colour इस रंग की हल्की आभा, इसी तरह का कुछ हल्का रंग; 5 (*fig*) people of all ~s of opinion सब तरह के विचार(-भेद) रखने वाले लोग, 6 तनिक भेद, सूक्ष्म अंतर; सूक्ष्म अर्थभेद, तनिक भिन्न अर्थ [~s of meaning], 7 तनिक मात्रा, ज़रा सा [I am a ~ better today]; 8 प्रेतात्मा, दिवंगत आत्मा, (in *pl*) **the shades** यमलोक; 9 (प्रकाश या गर्मी या धूप रोकने का) पर्दा, आवरण; lamp-~ लैंप की छतरी; window-~ छज्जा

shade^2 *vt* & *i* 1 छाया करना, छाया डालना [Trees ~ the street], 2 ओट करना, आड़ करना, बचाना [to ~ sth from the sun]; 3 पर्दा करना, ढकना [to ~ a light], 4 उदास करना, 5 (drawing) (वि॰ समान्तर लकीरें डाल कर) छाया करना, 6 (रंग को) क्रमश: हल्का करना [to ~ off colours]; एक रंग को क्रमश: दूसरे में बदल देना, 7 *vi* एक रंग का क्रमश: दूसरे में बदल जाना [Blue that shades (off) into green], *fig* (मत, व्यवहार आदि का) क्रमश: बदल जाना

shadow^1 शैडो *n* 1 छाया, परछाईं, **to be afraid of one's own ~** अपनी परछाईं से डरना, बहुत कायर होना; **May your ~ never grow less!** तुम्हारी काया ऐसी ही बनी रहे। तुम्हारी समृद्धि ऐसी ही बनी रहे; **to cast a long ~** (*fig*) महत्त्वपूर्ण होना; 2 (in mirror etc) परछाईं, प्रतिच्छाया, प्रतिबिम्ब, 3 *fig* छाया (की तरह साथ रहने वाला व्यक्ति), 4 अंधेरा, अंधकार [the ~s of night), 5 अल्पमात्रा, लव, लेश [without a ~ of doubt], 6 आभास-मात्र [having only the ~ of freedom], 7 मरीचिका, असार वस्तु, असत् पदार्थ, 8 पूर्वाभास, **Coming events casts their ~ before** भावी घटनाओं का संकेत पहले ही मिल जाता है, 9 **He is the ~ of his former self** वह बहुत दुबला-पतला हो गया है, 10 छत्र-छाया, आश्रय, शरण [under the ~ of the Almighty], 11 उदासी, शोक, विषाद, 12 **Shadow Cabinet** विरोधी दल का प्रस्तावित मन्त्रिमंडल (जो विरोधी दल के सत्तारूढ़ होने पर ही पदारूढ़ होता है), छाया-मन्त्रिमंडल

shadow^2 *vt* 1 पर छाया करना या डालना; 2 का आभास देना, पूर्वसूचना देना, 3 रूप-रेखा प्रस्तुत करना, 4 पीछे लगा रहना, पीछा करना [He was ~ed by the police]

shadowy शैडो-इ *a* 1 धुंधला, अस्पष्ट [~ project], 2 अवास्तविक, मिथ्या, धोखे का

shady शेडि *a* 1 छाया देने वाला, छायादार [a ~ tree], 2 जहां छाया हो, छायादार [a ~ spot], 3 (of actions, conduct, etc) सन्देहजनक, सन्दिग्ध, बेईमानी का [a ~ deal, transaction, etc], 4 **to be on the ~ side of forty etc** चालीस वर्ष से अधिक का होना; 5 **the ~ side of politics** राजनीति का निन्दनीय या गन्दा पहलू

shaft शाफ़्ट *n* 1 बरछा, बरछे का डंडा, 2 बाण, तीर [the ~s of Cupid]; (*fig*) ~s of satire, ridicule, etc व्यंग्य-बाण, उपहास के बाण, 3 किरण-पुंज, 4 चिमनी का छत से ऊपर का भाग, 5 डंठल, डंडी, 6 (पंख की) डंडी, 7 *mech* धुरा, 8 (औज़ार का) दस्ता, मूठ, 9 *archit* स्तम्भ के अधो-भाग और चोटी के बीच का भाग, 10 (घोड़ा-गाड़ी का) बम, 11 खान के अन्दर जाने का मार्ग, सुरंग, 12 ventilating ~, air ~ (सुरंग, गन्दे नाले आदि से) धुएं या गंदी हवा के निकलने का मार्ग, निकास; 13 **~ grave** गहरे आयताकार गड्ढे में बनी कब्र, गर्त-कब्र

shag शैग *n* 1 मोटे और रूखे बाल; बालों का गुच्छा, 2 मोटी पत्ती का कटा हुआ तमाकू (या तंबाकू), 3 रोएंदार मोटा कपड़ा

shaggy शैगि *a* 1 (of animal) लंबे रूखे बालों वाला, झबरा, झबरीला, लोमश [a ~ dog etc], 2 खुरदरा, खुरखुरा, (of land) झाड़-झंखाड़ वाला, (of tree) खुरदरी टहनियों वाला, 3 (of beard, eyebrows) घनी और मोटी

shagreen श-ग्रीन *n* 1 दानेदार बनाया हुआ और प्राय: हरा रंगाहुआ चमड़ा, दानेदार हरा चमड़ा, कीमुख़्त, 2 हाँगुर का चमड़ा

shake¹ शेक *vt & i* (shook, shaken) I, 1 हिलाना, हिलाना-डुलाना, हिलाना-जुलाना, झटका देना; **to ~ one's head** (i) सिर हिलाना, (ii) सिर हिला कर अस्वीकृति व्यक्त करना; ना करना, **to ~ s.o. by the hand, to ~ hands (with s.o.)** किसी से हाथ मिलाना, 2 झंझोड़ना, झकझोरना, 3 कंपाना, कंपित करना; **to ~ one's voice** स्वरकंपन करना; *vi* His voice shook with anger क्रोध के मारे उसकी आवाज़ कांप रही थी, 4 *fig* घबरा देना, उद्विग्न करना, परेशान करना [was shaken by, at, the news], 5 अस्थिर करना, विचलित करना, डगमगा देना, डांवांडोल करना [Threats cannot ~ my faith, resolve, etc]; धक्का पहुंचाना, दुर्बल करना [His health is ~n], 6 हिलना, हिलना-डुलना, डगमगाना, डोलना [the earth shook]; 7 कांपना [to ~ with fear, cold]; **to ~ in one's shoes** डर के मारे कांप उठना, II (with *prepp*) **to ~ down** (the fruit from a tree) हिलाकर गिराना, झाड़ना; **to ~ off** (the dust from one's feet) झाड़ना; **to ~ off** the yoke जूआ उतार फेंकना; **to ~ s.o. off** किसी से पीछा छुड़ाना, छुटकारा पाना; **to ~ up** (बोतल आदि में रखे द्रव को) हिला कर मिलाना; **to ~ s.o. up** झंझोड़ना, जगाना, जागृत करना, होशियार करना

shake² *n* 1 हिलना, हिलत, हिलन, to give sth a good ~ खूब हिलाना; 2 कांपना, कंपन, **to be all of a ~** अंग-अंग कांपना, सारा शरीर कांपना, 3 स्वर-कंपन, गिटकिरी, 4 (in growing timber) दरार, चटख़, तरेड़, 5 (*sl*) **in a ~** क्षण भर में, आन की आन में, 6 (*sl*) **to be no great ~s** बहुत अच्छा या बहुत कुशल न होना, साधारण होना; 7 (*comb*) **shake-up** (i) (सुस्ती या उदासीनता दूर करने के लिए) झकझोर, झटका, (ii) **Cabinet shake-up** मंत्रिमण्डल का भारी परिवर्तन या पुनर्गठन; **shaker** *n* हिलाकर मिलाने का उपकरण, हल्लित्र

shaky शेकि *a* 1 हिलता या कांपता हुआ [a ~ chair, table, hand, etc], 2 अस्थिर, डांवांडोल, दुचित्ता [~ voters], 3 आत्मविश्वास-रहित, साहस-रहित, उत्साह-रहित, बे-हिम्मत [I feel ~ today], 4 कमज़ोर [His English is rather ~]

shale शेल *n* 1 स्लेट से मिलता-जुलता किन्तु उससे नरम परतदार पत्थर, स्लेटी पत्थर, 2 **~-oil** बिटूमनी शेल (bituminous shale) से प्राप्त तेल, शेल-तेल

shall शैल, शल *v aux.* भविष्यसूचक सहायक क्रिया (also see 'will' and 'should') 1 *shall* is used with the 1st person; *will* with the 2nd & 3rd persons. [Tomorrow I *shall* go and he *will* arrive], 2 *shall* is used with all persons to form statements or questions expressing the notions of command, duty, etc (i) Thou *shalt* not steel तू चोरी मत कर; (ii) Any person failing to display the price-list *shall* be prosecuted, (iii) *Shall* I, he, go? क्या मैं जाऊं? क्या वह जाए? [*N.B.* shall not=shan't शान्ट; should not= shouldn't शुडन्ट]

shallop शैलप *n* हल्की नाव, डोंगी

shallot श-लॉट *n* लहसुन से मिलता-जुलता प्याज़

shallow शैलो *a & n*; *vi & t* 1 (of water, dish, etc) कम गहरा, उथला, छिछला, 2 (of person) गहराई में न जाने वाला, ओछा, छिछोरा, हल्का, तुच्छबुद्धि, पल्लवग्राही, (of mind, argument) गहराई में न जाने वाला, ऊपरी-ऊपरी, सतही, सारहीन, *n* (in sea, river) छिछले या उथले जल वाला स्थान (often in *pl*); *vi & t* छिछला हो जाना या करना; **~ness** *n* 1 उथलापन, छिछलापन, 2 ओछापन, छिछोरापन

sham¹ शैम *a & n* 1 (of illness, love, etc) झूठा, झूठमूठ का, दिखावे का, दिखावटी; (of jewel) नकली, बनावटी, कृत्रिम, जाली, 2 (*mil*) **~ fight** छायायुद्ध, छद्मयुद्ध, 3 (*law*) **~ plea** झूठी दलील, झूठी सफ़ाई, *n* 1 छल, कपट, वंचना, प्रतारणा, ढोंग, पाखंड, धोखा, बहाना, दिखावा [His love was a mere ~], 2 नकली या बनावटी या जाली वस्तु, 3 (of person) ढोंगी, पाखंडी

sham² *vt* (~med, ~ming), 1 बहाना करना, ढोंग करना, स्वांग करना [to ~ illness, sleep], 2 बन बैठना [He shammed asleep, ill, dead]

shaman शैमन *n* (उत्तरी एशिया के संप्रदाय-विशेष का पुरोहित एवं ओझा (जो प्रेतात्माओं से संपर्क का दावा करता है, शामन; **~ism** *n* शामन धर्म

shamble शैम्बल *n & vi* भद्दी या बेढंगी चाल, *vi* पांव घसीट कर चलना या दौड़ना

shambles शैम्बल्ज़ *n pl* (usu treated as *sing*) 1 बूचड़खाना, कसाईघर, 2 स्थान जहां बहुत मार-काट हुई हो, विनाश का दृश्य [The place became a ~], 3 *colloq* अव्यवस्था, गड़बड़ [The country's economy is a ~]; गड़बड़-घोटाला, गोल-माल, He made a ~ of the task उसने काम गड़-बड़ कर दिया

shame¹ शेम *n* 1 लज्जा, लाज, शर्म, शरम, **to hang one's head for ~** शरम के मारे या शरम से सिर झुक जाना, 2 लज्जा या शर्म की बात [It is a ~ to laugh at him], 3 बदनामी का कारण, कलंक [He is a ~ to his parents; he brought ~ on his family], 4 धिक्कार [Shame on you!], 5 **to put s.o. to ~** (i)

किसी को शर्मिन्दा करना, (ii) किसी से बाज़ी ले जाना, आगे बढ़ जाना, मात देना

shame^2 *vt* 1 शर्मिन्दा करना, लज्जित करना, (किसी से उत्कृष्ट हो कर उसे) लजाना [a dog's fidelity ~s us], 2 कलंक या बदनामी का कारण होना [to ~ one's family]

shamefaced शेम्फ़ेस्ट *a* 1 लज्जाशील, लज्जावान्, शर्मीला, 2 लज्जित, झेंपा हुआ, हतोत्साह, **~ly** *adv* 1 शरमाते हुए, सकुचाते हुए, 2 लज्जित होकर, हतोत्साह होकर

shameful शेम्फ़ल *a* (of conduct) लज्जाजनक, शरमनाक, अशोभनीय, बुरा

shameless शेम्लिस *a* 1 (of person) निर्लज्ज, बेशरम, बेहया, ढीठ, 2 (of conduct) निर्लज्जता का, लज्जाजनक, अशोभनीय

shammy शैमि *n* बकरी, भेड़, हिरन आदि का नरम चमड़ा (=chamois, 2)

shampoo शैम्पू *vt* (सिर, बालों को) साबुन लगा कर मल मल कर धोना [to ~ one's hair, head], *n* 1 केशक्षालन, 2 बाल धोने का साबुन

shamrock शैम्रॉक *n* पौधा-विशेष जो आयर्लैन्ड का राष्ट्रीय प्रतीक है, तिपतिया

shanghai शैंग-हाइ *vt* (*naut. sl*) (नाविकों की कमी होने पर) किसी को बेहोश कर के जहाज़ पर चढ़ा देना और उससे नाविक का काम लेना, अपहरण करना; फांसना

shank शैङ्क *n* & *vi* 1 टांग, **to go, come, ride, on Shank's mare** पैदल जाना या आना, पैदल चलना, पांव पांव चलना; 2 पिंडली, 3 पिंडली की नली, 4 (फूल की) डंडी, वृन्त, (चाभी, चमचे की) डंडी, 5 *archit* स्तम्भ का मध्य भाग (see shaft, 9)

shanty^1 शैन्टि *n* झोंपड़ी, कुटिया, मामूली मकान; **~ town** झुग्गी-झोंपड़ी नगर

shanty^2 *n* नाविकों का गीत (also **Sea-~**)

shape^1 शेप *n* 1 आकार, आकृति, शक्ल [spherical in ~]; **to get out of ~** आकृति बिगड़ जाना, 2 डील-डौल, बनावट, गठन, 3 रूप, स्वरूप, शक्ल, सूरत [monster in human ~]; **to take ~** स्पष्ट या ठोस रूप धारण करना [Our plans are taking ~], 4 प्रकार, ढंग, रूप [No communication in any ~ or form], 5 सुचारु रूप, सुव्यवस्थित रूप [**to put** *or* **get** one's ideas into ~]; 6 अवस्था, हालत, **to be in good, bad, poor, ~** अच्छी (बुरी) हालत में होना, 7 कलबूत [~ for hats]; सांचा [~ for jellies etc], 8 धुंधली या अस्पष्ट आकृति; छाया [a ~ loomed through the mist]

shape^2 *vt* & *i* 1 बनाना, रचना, निर्माण करना, 2 विशेष आकृति का बनाना, आकार देना, ढालना, गढ़ना, 3 के अनुरूप बनाना [to ~ a coat to the figure]; 4 to ~ one's life जीवन को नियमित या सुव्यवस्थित बनाना; to ~ one's course towards *or* for की ओर जाना या बढ़ना, 5 *vi* बनना, ढलना, रूप धारण करना, 6 अपने भावी रूप का संकेत देना; **to shape (up) well** अच्छे लक्षणों वाला होना, होनहार होना; प्रगति करना, Our plans are shaping well हमारी योजनाएं सफल होती दिखती हैं

shaped शेप्ट *a*. well-~ सुडौल, ill-~ भद्दा

shapeless शेप्लिस *a* अनगढ़; बेडौल, भद्दा, टेढ़ा-मेढ़ा; **shapely** *a* सुडौल, सुघड़, सुन्दर

shard शार्ड, **sherd** शर्ड *n* ठीकरा, ठीकरी; to break into ~s टुकड़े-टुकड़े हो जाना

share^1 शे`अर *n* (हल का) फाल

share^2 *n* 1 हिस्सा, भाग, बटवारा, **to go ~s with s.o.** किसी के साथ बराबर-बराबर हिस्सा करना, बराबर-बराबर बांटना [I'll go ~s with you in the hotel expenses], 2 योगदान, अंशदान, हिस्सा; **to have** *or* **take a share in** में योगदान करना, हिस्सा लेना, 3 साझा, पत्ती, हिस्सा [~ in a property], 4 *commerc* हिस्सा, अंश, शेयर, **deferred ~s** हिस्से जिन पर नियत तिथि तक कोई लाभांश नहीं मिलता या कम लाभांश मिलता है; आस्थगित अंश, **ordinary ~s** साधारण अंश; **preference ~s** जिन पर दूसरे अंशों से पहले नियत लाभांश दिया जाता है, अधिमानित अंश; **~ capital** शेयर-पूंजी; **~holder** (i) शेयरधारी, (ii) साझेदार, पत्तीदार **~ market** शेयर बाज़ार

share^3 *vt* & *i* 1 बांटना, हिस्सा देना [to ~ sth with s.o.], **to share and share alike** सब को बराबर-बराबर हिस्सा देना; बराबर-बराबर बांटना, 2 to ~ s.o.'s opinion किसी के विचार का होना, किसी से सहमत होना; 3 हिस्सा लेना, शरीक होना, योगदान करना, हाथ बंटाना, सहभागी होना [**to share (in) sth; I will ~ (in) the** hotel expenses with you], 4 हिस्सेदार या साझेदार होना, 5 *vi* & *t* to **~ out** बांट देना; **~-out** *n* बटवारा, बांट

share-cropper शे`अर-क्रॉपर *n* काश्तकार जो लगान के बजाय फ़सल का कुछ भाग भूमि के मालिक को देता है, बटाईदार

sharer शे`अ-रर *n* सहभागी, सहयोगी, हाथ बंटाने वाला

shark शार्क *n* 1 हांगुर, शार्क, 2 ठग, धोखेबाज़, 3 **~-skin** मुलायम और चमकदार कपड़ा, शार्कस्किन [a ~-skin coat]

sharp^1 शार्प *a* 1 तेज़, तीक्ष्ण, पैना [~ knife, edge], 2 नुकीला, नोकदार, अनीदार [~ summit], 3 सुस्पष्ट [~ outline, distinction], **~ features** तीखे नक्श, 4 (of person) तेज़, कुशाग्रबुद्धि, चतुर, सुबोध, होशियार [a ~ child]; **as sharp as a needle** बहुत तेज़ या समझदार, कुशाग्रबुद्धि; 5 (of person) धूर्त चालाक, कांइयां,

घाघ, बेईमान; **He was too sharp for** me उसने मुझे चालाकी से हरा दिया, ठग लिया, 6 ~ **practice** छल, कपट, चालाकी, धोखा, बेईमानी, 7 (*misc*) ~ look-out कड़ी निगरानी; ~ pain तीव्र पीड़ा, सख़्त दर्द: ~ reproof सख़्त झाड़ या डांट; ~ shower ज़ोर की या तेज़ बौछार; ~ taste चरपरा या तीखा स्वाद; ~ tongue कैंची-सी ज़बान; ~ **turn** कैंची-मोड़, तीखा मोड़; ~ voice कर्णभेदी या तीक्ष्ण या तीखा स्वर; ~ words कठोर या कटु शब्द; **sharp's the word** जल्दी करो!; ~ **work** चटपट निपटा लिया गया काम; That was ~ work! इस काम में कोई देर नहीं लगी; 8 *phonet* अघोष, 9 *mus* साधारण स्वर से ऊँचा; 10 (*comb*) ~**-eyed**, ~**-sighted** तेज़ नज़र वाला, तीक्ष्णदृष्टि; **sharp-shooter** पक्का निशानेबाज़; ~**-witted** कुशाग्रबुद्धि, हाज़िरजवाब, प्रत्युत्पन्नमति

sharp^{2} *n* 1 सूई, 2 अघोष व्यंजन, 3 *colloq* ठग

sharp^{3} *vt* & *i* 1 ठगना, 2 *vi* (ताश आदि में) धोखा या चालाकी करना

sharp^{4} *adv* 1 एकाएक, फुर्ती से [Turn ~ right!], 2 ठीक [at 4 p.m. ~], 3 **Look sharp!** जल्दी करो! 4 (*comb*) **sharp-set** (i) जिसे तेज़ भूख लगी हो, बहुत भूखा, (ii) तेज़ (धार वाला)

sharpen शार्पन *vt* & *i* 1 तेज़ या पैना करना, धार लगाना, 2 to ~ a pencil पेंन्सिल बनाना, 3 (पीड़ा) तीव्र या तेज़ करना, 4 to ~ (the wits of) s.o. कुशाग्रबुद्धि बनाना, 5 *vi* तेज़ या पैना हो जाना; ~**er** *n* तेज़ करने का औज़ार, सान; pencil-sharpener पेन्सिल बनाने का उपकरण, पेन्सिल-तराश

sharper शार्पर *n* (f. sharp^{3}) ठग, धोखेबाज़, **card-**~ पत्ताचोर

sharply शार्प्लि *adv* एकदम, सर्वथा, बिल्कुल, The opinion is ~ divided on this point इस बारे में दो सर्वथा भिन्न मत हैं

shatter शैटर *vt* & *i* 1 तोड़ना, टुकड़े-टुकड़े करना, चकनाचूर करना [The explosion ~ed the windows], छिन्न-भिन्न करना, 2 नष्ट-भ्रष्ट करना, (आशाओं पर) पानी फेर देना [to ~ s.o.'s hopes], 3 to ~ s.o.'s health स्वास्थ्य बरबाद कर देना, 4 (*vi*) टूटना, टूट-फूट जाना, नष्ट-भ्रष्ट होना; ~**ing** *adj* **a** ~ing blow भयङ्कर आघात, भारी धक्का

shave^{1} शेव *vt* & *i* 1 हजामत बनाना [to ~ one's beard, to ~ (oneself)], 2 (बाल) मूंडना, 3 (लकड़ी) छीलना, रन्दा करना, 4 बिना छुए बिल्कुल पास से निकल जाना [Our car just shaved theirs]; 5 **shaven** (*pp*. as *adj*) जिससे हजामत बना रखी हो; a ~n monk मुंडितशिर साधु; **clean-**~**n** दाढ़ी-मूंछ साफ़

shave^{2} *n* 1 हजामत, मुंडन, to **have a** ~ हजामत बनाना या बनवाना, 2 (*colloq*) **to have a close** *or* **narrow** ~ (i) बाल-बाल बचना; (ii) सफलता में तनिक कसर रह जाना [I had a close ~ of it], 3 लकड़ी छीलने का औज़ार, रुखानी

shavings शेविङ्ग्ज़ *n pl* (लकड़ी की) छीलन, कतरन, बुरादा

shawl शॉल *n* शाल, दुशाला

she शी *pron* & *n* & *a* 1 *pron* वह (स्त्री या अंग्रेज़ी में स्त्री मानी जाने वाली चीज़, *e.g.* ship, moon, etc), 2 *n* स्त्री, नारी, मादा [Is the child a she or a he?], 3 *a* (usu. hyphened) मादा, she goat बकरी; **she-cat**, **she-devil** लड़ाकी स्त्री, चुड़ैल

sheaf शीफ़ *n* (*pl* sheaves) 1 (of corn) पूला, पूली, 2 (of papers) पुलिन्दा, मुट्ठा, बंडल

shear^{1} शिअर *n* 1 (**pair of**) ~s बड़ी कैंची, कैंचा, कतरनी; 2 ~ **steel** कैंचे आदि काटने के औज़ार बनाने का इस्पात, 3 *mech* दबाव: 4 ~**-legs** = **sheer**^{3} (*q.v.*)

shear^{2} *n* (भेड़ों का) मूंडना, (ऊन का) कतरना, कर्त्तन

shear^{3} *vt* (*pt* ~ed; *pp*, shorn *or* ~**ed**), 1 कतरना, काटना, to ~ a sheep भेड़ को मूंडना, भेड़ का ऊन कतरना, 2 चीरना [to ~ through sth], काटना [to ~ off a branch], 3 *fig* ठगना, लूटना, मूंडना, 4 **to be shorn of sth** किसी चीज़ से रहित या वंचित किया जाना; ~**er** *n* 1 ऊन कतरने वाला, कर्तक, 2 कैंची, कतरनी

sheath शीथ *n* (*pl* ~s शीद्ज़), 1 म्यान, 2 *bot*, *zool*, *anat* कोष, कोश, आवरण, ख़ोल, ढकने वाली झिल्ली, 3 = condom

sheathe शीद *vt* 1 (तलवार आदि को) म्यान में रखना; **to** ~ **the sword** युद्ध बन्द करना, शत्रुता ख़तम करना, 2 ग़िलाफ़ चढ़ाना, ढकना; **sheathing** शीदिंग *n* 1 ग़िलाफ़, आवरण, 2 ग़िलाफ़ का कपड़ा

sheave^{1} शीव *n* गराड़ी, चरख़ी, घिरनी

sheave^{2} *vt* (अनाज़ की) पूलियां बांधना

shed^{1} शेॅड *n* (गाड़ी खड़ी करने या गाय-बैल बांधने आदि के लिए) छप्पर, छाजन, सायबान, शेड

shed^{2} *vt* (shed, shedding) 1 गिराना, झाड़ना, अलग करना [to ~ leaves, skin, horns, etc], 2 **to** ~ **tears** आँसू बहाना; **to** ~ **one's blood for** one's country देश के लिए (अपना) खून बहाना या प्राण देना; to ~ others' blood मार-काट करना, 3 छोड़ देना, हटाना, अलग करना, निकालना [A bather ~s his clothes], 4 बिखेरना, फैलाना, प्रसारित करना [She ~s love and happiness around]; **to** ~ **light on a matter** किसी मामले पर प्रकाश डालना

sheen शीन *n* 1 चमक, चमक-दमक, दीप्ति [the ~ of silk], 2 शोभा, शान

sheep शीप *n* (*pl* same) 1 भेड़, मेष; **black**

sheep (*fig*) दुश्चरित्र व्यक्ति, कुल-कलङ्क (also see black^1); 2 भेड़ का चमड़ा, मेषचर्म, 3 शर्मीला या झेंपू व्यक्ति, 4 *comb*: ~**fold** भेड़ों का बाड़ा, भेड़-शाला, **sheep-run** भेड़ों का विशाल चारागाह; ~-**walk** भेड़ों का चारागाह; ~-**shearing** भेड़ों का ऊन कतरना; ऊन कतरने का उत्सव; ~**skin** (i) ऊन सहित भेड़ की खाल का बना कोट आदि वस्त्र, पोस्तीन, (ii) (जिल्द बांधने के लिए) भेड़ का चमड़ा; ~**ish** *a* 1 शर्मीला, झेंपू, दब्बू, भीरु, 2 भौचक्का

sheer^1 शिअर *a* & *adv* 1 शुद्ध, निरा, सचमुच का [it is ~ robbery]; 2 केवल, केवल-मात्र [Did it by ~ **force**], 3 एक दम, बिल्कुल, नितान्त, सरासर [it is ~ folly, nonsense, etc]; 4 (of rock, fall, ascent, etc) लम्बवत्, खड़ा, एक दम सीधा, जिसमें ढाल न हो [~ coast]; *adv* एकदम, बिना ढाल के, सीधे ऊपर या नीचे [rises ~ from the water; fell ~ downward 500 ft.]

sheer^2 *vi* 1 *naut* मार्ग से हटना या भटकना, 2 **to ~ off** खिसक जाना, (ख़राब आदमी का) साथ या संग छोड़ देना, से अलग हो जाना

sheer^3 *n* (जहाज़ का मार्ग से) विचलन; **sheers**, (also **sheer-legs**) *n pl* जहाज में इंजन रखने या मस्तूल लगाने का उपकरण

sheet^1 शीट *n* 1 (बिस्तर की) चादर, चद्दर, पलंगपोश, **between the ~s** बिस्तर में, 2 कफ़न, 3 चद्दर-जैसा समतल फैलाव, चद्दर [~ of water, snow, etc], 4 (काग़ज़ का) ताव, तख़्ता, loose ~ खुला काग़ज़, काग़ज़ का टुकड़ा, पर्चा, 5 (धातु या शीशे आदि का) पतला चौरस बड़ा टुकड़ा, चादर, चद्दर [~ of iron, glass], 6 *comb*: **sheet-anchor** दूसरा लंगर जिसे आपत्काल में काम में लाया जाता है, आपाती लंगर, आकबती लंगर, *fig* आख़िरी सहारा, मुख्य अवलम्ब [It is our sheet-anchor]; ~ **glass** चादरी शीशा, ~ **iron** चादरी लोहा; ~ **lightning** चादर की तरह फैली हुई बिजली की चमक, पट तड़ित्

sheet^2 *vt* 1 चादर बिछाना; चादर या तिरपाल आदि से ढकना, 2 कफ़न ओढ़ाना [the ~ed dead], 3 चद्दर-आकार बनाना [~ed rain]

sheldrake शे`ल्ड्रेक *n* चकवा, सुरख़ाब

shelf शे`ल्फ़ *n* 1 आला, ताक, ताखा, टाँड़, 2 अलमारी का तख़्ता या पट्टी, खाना, 3 **on the ~** ताक पर रखा हुआ, काम में न लाया जा रहा, *colloq* (i) बूढ़ा और निकम्मा समझकर हटा दिया गया व्यक्ति; (ii) स्त्री जिसके विवाह का समय बीत गया हो, अतीतयौवना; 4 पानी में डूबी हुई चट्टान या रेती, **continental ~** महाद्वीप या देश का तटवर्ती भूभाग जो अपेक्षाकृत छिछले समुद्र में डूबा रहता है (और जिसमें विद्यमान संसाधनों पर संबंधित देश का अधिकार माना जाता है); जलमग्न तट-प्रदेश

shell^1 शे`ल *n* 1 (बादाम, अखरोट, अंडे का) छिलका, 2 (मटर आदि की) छीमी, छींबी, 3 (नारियल, कछुए की) खोपड़ी, 4 सीपी, शुक्ति, शंख, 5 **to come out of one's ~** संकोच त्यागना, लोगों से मेल-जोल पैदा करना; **to retire into one's ~** लोगों से मेल-जोल छोड़ देना, एकान्तवास करना, चुप्पी साध लेना, 6 (पटाख़े, कारतूस आदि का) खोल, 7 बम, (तोप का) गोला, 8 बाह्य रूप, दिखावा, आडम्बर, 9 *comb*: ~-**fire** बमवर्षा, गोलाबारी; ~-**proof** बम-रोक; ~-**shock** युद्ध-क्षेत्र में बम आदि गिरने से होने वाली स्तब्धता या जड़ता

shell^2 *vt* 1 छिलका उतारना, छीलना, 2 गोले बरसाना, गोलाबारी करना, 3 (*sl*) **to ~ out (one's money)** पैसा निकालना या देना या ख़र्च करना

shellac शलैक *n* & *vt* (-ck-) (वार्निश में काम आने वाली) लाख, शल्क-लाक्षा, चपड़ा, *vt* चपड़े की वार्निश करना

shelter^1 शे`ल्टर *n* 1 आड़, ओट, रोक [~ against attack, wind, heat]; 2 (आंधी-पानी से बचाने के लिए) झोंपड़ी, कुटिया, शेड [taxi-drivers' ~], 3 शरण, आश्रय, सुरक्षित स्थान, पनाह, बचाव, रक्षा, त्राण; **to find, take, ~** शरण पाना या लेना, अपना बचाव करना; ~**less** *a* शरणहीन, बेपनाह, निराश्रय, निराश्रित, अनाश्रित

shelter^2 *vt* & *i* 1 आड़ या ओट करना, 2 शरण या आश्रय देना, रक्षा करना, बचाना; to ~ s.o. from blame दोषारोप से बचाना, 3 *vi* अपने आपको बचाना, बचना, शरण लेना [to ~ from, in, under]

shelve^1 शे`ल्व *vt* 1 अलमारी या आले में रखना, 2 (अलमारी में) तख़्ते लगाना, 3 पर विचार करना, छोड़ देना या स्थगित करना, ताक पर रखना [to ~ a plan], 4 नौकरी से हटा देना, निकाल देना

shelve^2 *vi* तनिक ढालू होना

shelving शे`ल्विङ्ग *a* ढालू

shepherd शे`पर्ड *n* & *vt* गड़रिया, चरवाहा, *fig* आध्यात्मिक गुरु; **The Good S~** ईसा; *vt* भेड़ें चराना, हांकना; *fig* (समूह को) संभाल कर ले चलना, मार्गदर्शन करना, नेतृत्व करना

sherd शर्ड *n* (see shard)

sheriff शे`रिफ़ *n* इंग्लैंड में ज़िले (county) का शासनाधिकारी, शैरिफ़

sherry शे`रि *n* दक्षिण स्पेन की सफ़ेद शराब

shew शो *vt* & *i* = show

shibboleth शिब-लेॅथ *n* 1 (दल या जाति का) पहचान-शब्द, 2 दकियानूसी सिद्धान्त

shield शील्ड *n* & *vt* 1 ढाल; **the other side of the ~** प्रश्न या मामले का दूसरा पहलू, 2 *mech* कवच, आड़, ओट, पर्दा, 3 रक्षा करने वाला व्यक्ति या वस्तु, 4 *her* ढाल का रेखा-चित्र जिसमें कुलचिन्ह अंकित हो, कुलचिन्हफलक, *vt* ओट या आड़ करना, ढकना, 5 (प्राय: तथ्यों को छिपा कर बदनामी, दण्ड आदि से) बचाना, रक्षा करना .

shift^1 शिफ़्ट *vt* & *i* **1** स्थान बदलना, एक जगह से उठा कर दूसरी जगह रख देना, खिसकाना, सरकाना [to ~ furniture etc]; to ~ the responsibility on to someone ज़िम्मेदारी दूसरे पर डाल देना; **to ~ off the responsibility** ज़िम्मेदारी टाल देना; **2** एक चीज़ की जगह दूसरी चीज़ रख देना, **to ~ one's ground** (बहस में) अपनी दलील बदल लेना, **3** to ~ one's lodging मकान बदलना; **to ~ the scene** (नाटक में) दृश्य बदलना, **4** *vi* जगह बदलना, खिसकना, सरकना, **5** बदल जाना, **6** काम चलाना, काम निकालना, **to ~ for oneself** (कठिनाई से निकलने के लिए) स्वयं तरकीब करना, स्वयं उपाय निकालना, अपनी मदद आप करना; स्वयं अपनी जीविका कमाना

shift^2 *n* **1** स्थानान्तरण, सरक, खिसकाव, विस्थापन, to make a ~ स्थान बदलना, सरकना, **2** बदलाव, परिवर्तन, **3** (श्रमिकों या कर्मियों की) पारी, पाली, **4** युक्ति, तरकीब, उपाय, साधन, **to make ~ to do sth** किसी काम की तरकीब निकालना; **to make ~ with** (*or* **without**) **sth** किसी चीज़ से (या किसी चीज़ के बिना) काम चला लेना, **5** (कठिनाई से बचने की) चाल, चालाकी, बहाना [nothing but ~s and excuses]; **~less** *a* **1** जिसे कोई तरकीब या चालाकी न आती हो, निरुपाय, निरुद्यम; **2** बेहिम्मत, सुस्त

shifty शिफ़्टि *a* **1** चालाक, कांइयां, धोखेबाज़, बहानेबाज़, **2** ~ eyes हिलती हुई आंखें, विवर्ती नेत्र

shilling शिलिङ्ग *n* ब्रिटेन का एक सिक्का (जो 1971 से अप्रचलित हो गया है), शिलिंग = पाउंड का बीसवां भाग; **to cut s.o. off with a ~** (संतान या संबंधी को) कुछ टके देकर दाय से वंचित करना, पारख़ती देना (also see cut^2)

shilly-shally शिलि-शैलि *n* & *vi* अनिश्चय की अवस्था, दुविधा, आगा-पीछा, हिचक; *vi* आगा-पीछा करना, निश्चय न कर पाना, डाँवांडोल होना

shim शिम *n* & *vt* बारीक टुकड़ा, पच्चर, पत्तर; *vt* पच्चर जड़ना

shimmer शिमर *n* & *vi* झिलमिलाहट; *vi* झिलमिलाना

shin शिन *n* & *vt* घुटने के नीचे टांग का अगला भाग; **shin-bone** पिंडली की नली या हड्डी; *vi* to ~ up a tree, wall, etc (हाथों और टांगों के बल) पेड़ या दीवार आदि पर चढ़ना

shindy शिन्डि *n* दंगा, झगड़ा, हंगामा, हो-हल्ला

shine^1 शाइन *vi* & *t* (shone) **1** चमकना, दमकना, जगमगाना, उज्ज्वल होना, **2** प्रसिद्ध होना, बड़ा नाम पैदा करना, गण्य-मान्य होना, किसी काम में श्रेष्ठ या बहुत अच्छा होना [He does not ~ in conversation], **3** *vt* (*colloq*) पालिश करना, चमकाना [to ~ shoes, brass, etc]

shine^2 *n* चमक, दमक, दीप्ति; (*fig*) **to take the ~ out of s.o.** किसी को मात करना, किसी से बाज़ी ले जाना, से श्रेष्ठतर सिद्ध होना

shingle^1 शिङ्गल *n* & *vt* **1** (छत पर जड़ने की काठ की आयताकार) पटिया या तख़्ती; **2** खपरैल के आकार की बालों की कटाई, शिंगल, *vt* **1** आयताकार तख़्तियां जड़ना, **2** खपरैल के आकार में बाल काटना

shingle^2 *n* (समुद्रतट पर के) छोटे-छोटे गोल पत्थर, कंकड़, बटिया

shingles शिङ्गल्ज़ *n pl* (usu treated as *sing*) एक प्रकार का चर्म-रोग

shingly शिङ्ग्लि *a* (f. shingle^2) कंकड़ीला [~ beach]

shiny शाइनि *a* चमकीला, चमकता हुआ

ship^1 शिप *n* (usu. referred to as she, her) **1** जहाज़, पोत; **~ of the desert** ऊंट; **2 on board ship** जहाज़ पर; **to take ~** जहाज़ पर सवार होना; **3** *comb*: **~-fever** टाइफ़स ज्वर (typhus), **~load** जहाज़ में लादे जा सकने वाले कुल माल की मात्रा, पोत-भार; **shipmaster** व्यापारी जहाज़ का कप्तान, **~-way** ढलवां मंच जिसके द्वारा जहाज़ पानी में उतारा जाता है, अवतरण मंच, **~wreck** (see further), **~wright** जहाज़ का तरख़ान, पोत-निर्माता, **~yard** जहाज़ का कारख़ाना, जहाज़ी कारख़ाना

ship^2 *vt* & *i* **1** (माल को) जहाज़ पर लादना, (माल, यात्री को) जहाज़ से भेजना, **2** *vi* (of sailor) जहाज़ पर नौकरी करना

shipment शिप्मन्ट *n* **1** (माल की) लदान, लदाई, **2** (जहाज़ से भेजा गया) माल, माल की मात्रा, खेप

shipper शिपर *n* **1** जहाज़ से माल भेजने या मंगाने वाला, **2** माल लादने वाला

shipping शिपिङ्ग *n* **1** जहाज़ से माल भेजना, माल लादना, लदान, **2** *collect* देश के कुल जहाज़, पोतसमूह, जहाज़ी बेड़ा; **3** *comb*: **~-agent** जहाज़ी कंपनी या जहाज़ का एजंट या प्रतिनिधि, जहाज़ी दलाल; **~-bill** लदान पत्र, माल की सूची

shipshape शिप्शेप *pred a* & *adv* ठीक-ठाक, सुव्यवस्थित (रूप से)

shipwreck शिप्रेक *n* & *vt* (तूफ़ान में या चट्टानों से टकरा कर) जहाज़ का टूट जाना, पोतभंग, *fig* बरबादी, तबाही, विध्वंस; **to suffer ~ of one's hopes** आशाओं पर पानी फिर जाना, *vt* जहाज़ टूट जाने से यात्री को विपद्ग्रस्त करना, *fig* बरबाद करना, (आशाओं पर) पानी फेर देना

shire शाइअर *n* (इंग्लैंड में) ज़िला; The shires इंग्लैंड के मध्यवर्ती ज़िले, मध्यप्रान्त

shirk शर्क *vt* & *n* (काम, कर्तव्य से) जी चुराना, मुंह मोड़ना, भागना, टालना [to ~ work, duty, fighting, etc]; *n* = shirker

shirker शर्कर *n* काम से जी चुराने वाला, कामचोर

shirt शर्ट *n* कमीज़, कुर्ता; **to be in one's ~-sleeves** केवल कमीज़ पहने होना, कोट या वास्कट के बिना होना; **~ing** *n* कमीज़ों का कपड़ा

shit शिट *n* & *vt* (*vulg*) टट्टी (करना)

shiver^1 शिवर *vi* & *n* कांपना, ठिठरना, ठिठुरना, सिहरना, *n* 1 (सर्दी के कारण) कँपकँपी, सिहरन, 2 (usu in *pl*) डर, भय; (डर के कारण) कँपकँपी [It gave me ~s]

shiver^2 *n* (usu in *pl*) & *vt* टुकड़ा, खंड [to break into ~s]; *vt* टुकड़े-टुकड़े करना, चूर-चूर करना

shoal^1 शोल *a* & *n* & *vi* (of water) कम गहरा, छिछला, *n* छिछले पानी वाली जगह, बालू-चरा, बरेता; (*fig* usu in *pl*) छिपा ख़तरा, *vi* कम गहरा होना, रेती पड़ जाना

shoal^2 *n* & *vi* (तैरती हुई मछलियों का) झुंड, समूह, (लोगों का) झुरमुट, भीड़ [~s of people], (पत्रों आदि की) बड़ी संख्या, भरमार [I get letters in ~s]; *vi* (of fish) झुंड बनाना, झुंड बनाकर तैरना

shock शॉक *n* 1 ज़ोर की टक्कर; आघात, झटका [~s of earthquake]; electric shock (तन्त्रिकाओं को सक्रिय बनाने के लिए) बिजली का झटका, 2 धक्का, चोट, सदमा, 3 *path* (असह्य पीड़ा या शोक या आत्यन्तिक हर्ष के कारण होने वाली) जड़ता, स्तब्धता, 4 *comb*: **~ absorber** (गाड़ी में) धक्के की तीव्रता कम करने का उपकरण; आघात-मन्दक, **~ tactics** (*orig*) घुड़सवार सेना द्वारा एकाएक ज़ोर का धावा; *fig* चौंका देने वाली आकस्मिक कार्यवाही; **~ therapy, ~ treatment** मानसिक रोगों के इलाज के लिए कँपकँपी लाने वाली औषध या विद्युत्-आघात का प्रयोग, आघात-उपचार; **shock-troops** आक्रमण के लिए विशेषत: प्रशिक्षित सैनिक दल, धावा बोलने वाला दस्ता, आक्रामी दस्ता

shock^2 *vt* 1 क्रोध या घृणा या दहशत पैदा करना, 2 धक्का या चोट या सदमा पहुंचाना; स्तब्ध या स्तंभित करना [I was ~ed **at, by, to hear,** the news]; **~er** *n* (*colloq*) किसी चीज़ का बहुत ख़राब नमूना; सनसनीपूर्ण उपन्यास; **~ing** *a* & *adv* 1 भयंकर, घृणित, बीभत्स, 2 स्तंभित कर देने वाला, चौंका देने वाला, 3 (of weather) बहुत खराब, (*adv*) shocking bad बहुत बुरा

shock^3 *n* & *vt* (खेत में खड़ी की हुई) दस-बारह पूलियों का गट्ठा, ढेर, *vt* पूलियों का गट्ठा बनाना

shock^4 *n* उलझे हुए बालों का गुच्छा [~ of hair]

shod शॉड (see shoe^2)

shoddy शॉडि *n* & *a* 1 ऊन की रद्दी; पुराने कपड़े से निकाला हुआ सूत; ऐसे सूत से बनाया हुआ कपड़ा, घटिया कपड़ा, 2 घटिया या रद्दी माल, घटिया चीज़, *a* घटिया, निकम्मा, निकृष्ट, नकली

shoe^1 शू *n* 1 जूता, जूती; **to be in s.o.'s ~s** किसी की स्थिति या हालत में होना; **to step into s.o.'s ~s** किसी का स्थान या पद ग्रहण करना; **where the ~ pinches** किसी की निजी कठिनाई या कष्ट; The wearer knows where the ~ pinches **जिस तन** लागे सो तन जाने; 2 (घोड़े की) नाल, 3 (लाठी आदि के सिरे पर लगने वाली) शाम, शामी, 4 *mech* धातु का छल्ला या टोपी, 5 *comb*: **~-black** जूता पालिश करने वाला; **~horn** (सींग, धातु आदि का बना हुआ) जूता चढ़ाने का चप्पा; **~-lace** (जूते का) फ़ीता, तसमा; **~maker** मोची, **~string** (i) तसमा, (ii) *colloq* थोड़ा-सा या अपर्याप्त धन; (iii) *attrib*: थोड़ा-सा, काम चलाने भर के लिए पर्याप्त, गुज़ारे-लायक [a ~-string budget, majority, etc]

shoe^2 *vt* (shod; shoeing) 1 जूता पहनाना, 2 नाल लगाना, 3 शाम लगाना [a pole shod with iron, brass, etc]; **~ing** *n* नाल लगाना, नालबंदी

shoo शू *int* & *vt* पक्षियों या मुर्ग़ियों को भगाने का शब्द, शू ! हुश !; *vt* शू-शू करके भगा देना

shoot^1 *vi* & *t* (shot) I *vi* 1 एकाएक बाहर निकलना [The sun shot out]; तेज़ी से आगे बढ़ना, लपकना [a dog shot past us]; **to ~ ahead** तेज़ी से प्रतियोगियों से आगे निकल जाना; 2 कोंपलें या कलियां फूटना, फूट निकलना, निकलना [a plant, bush, ~s]; Buds are ~ing कलियां निकल रही हैं, 3 एकाएक ऊंचा उठना [Flames, the aeroplane, shot up], 4 एकाएक बढ़ना [**Prices are ~ing up**]; जल्दी-जल्दी लंबा होना [The child is ~ing up]; 5 टीस मारना [My corn, tooth, ~s], II *vt* 1 बन्दूक चलाना, गोली चलाना; (*abs*) to ~ **at** s.o. किसी पर गोली चलाना; to ~ s.o. किसी को गोली मारना; जान से मार देना; **to ~ wide of the mark** (i) निशाना चूक जाना, (ii) सचाई से दूर होना, असत्य होना, ग़लत निकलना, 2 शिकार करना, शिकार खेलना, शिकार मारना, 3 to ~ **down** (जानवर को) मारना; (विमान को) मार गिराना; 4 to ~ a bolt झटपट चटख़नी लगाना, 5 फेंकना [The sun ~s rays]; to ~ a glance at s.o. तेज़ी से नज़र डालना, 6 to ~ a goal गोल करना; 7 to ~ a film फ़िल्म तैयार करना, फ़िल्म लेना

shoot^2 *n* 1 कोंपल, टहनी, अंकुर, प्ररोह, 2 नदी-तल की तीव्र ढाल (जहां प्रवाह तेज़ होता है) = chute, 3 ढाल, ढलान, 4 निशानेबाज़ी, शिकार; शिकारी-दल

shooter शूटर *n* 1 गोली चलाने वाला, निशानेबाज़, 2 **six-~** पिस्तौल जिससे एक-साथ छ: गोलियां निकलें, छ: गोलियों वाला पिस्तौल

shooting शूटिङ्ग *a* & *n* 1 तेज़ी से जाता हुआ, **~ star** पुच्छल तारा, उल्का, 2 तीव्र, तेज़, सख़्त

[~ pain]; *n* 1 गोलीबारी, गोलीकांड; ~ **war** तोप, वम आदि से लड़ाई, वास्तविक युद्ध (opp. cold war), 2 शिकार [to go ~]; 3 the ~ of a film फ़िल्म की तैयारी (के लिए दृश्यों का फ़ोटो लेना); 4 *comb*: ~**-box** शिकार के दिनों में रहने का स्थान, शिकारघर; ~**-range** चाँदमारी

shop शॉप *n* & *vi* 1 दुकान; **to keep a** ~ दुकान करना; **to come to the wrong** ~ (*sl*) ग़लत आदमी से बात करना या मांगना आदि; 2 व्यक्ति का अपना पेशा या व्यवसाय या कारोबार, **to talk** ~ अपने पेशे या काम-काज की बात करना, 3 *comb*: ~**keeper** दुकानदार; ~**-lifting** दुकान से चीजें उठा कर चलते बनना, उठाईगीरी; *vi* दुकानों पर ज़ाकर ख़रीदना, बाज़ार करना; **shopping** *n* बाज़ार करना, सौदा लाना, ख़रीदारी

shore^1 शॉर *n* 1 (नदी या झील या समुद्र का) तट, तीर, **in** ~ तटवर्ती जल में, **on** ~ तटवर्ती स्थल पर; **off** ~ खुले समुद्र में; 2 *law* साधारण ज्वार के पहुचने की दूरतम और निकटतम सीमाओं के बीच का प्रदेश, रेतीला तट, रेती, पुलिन, 3 ~ **leave** तट पर जाने की छुट्टी

shore^2 *n* & *vt* जहाज़ या दीवार या पेड़ को सहारा देने के लिए तिरछा खड़ा किया हुआ खंभा, टेक, थूनी, (of ship) गदम; *vt* टेक या थूनी लगाना [to ~ (up)]

short शॉर्ट *a* & *n* & *adv* 1 छोटा, कम, थोड़ा, a ~ way off थोड़ी दूरी पर, a ~ time ago थोड़ी देर पहले; **to cut** ~ जल्दी ख़तम करना, संक्षिप्त करना, **to make** ~ **work of** (it) चटपट कर डालना, झटपट निपटा देना, (खा-पीकर) जल्दी ख़तम कर देना; जल्दी नष्ट करना; 2 लघु, संक्षिप्त, थोड़ी देर का, अल्पकालिक [~ life, ~ notice]; **in short** संक्षेप में; 3 (of vowel) ह्रस्व, 4 छोटा, छोटे कद का, नाटा, ठिगना, 5 अपर्याप्त, न्यून, जिसमें कुछ कमी हो; **to be** ~ **of sth, to run** ~ **of sth** किसी चीज़ की कमी होना, कोई चीज़ कम पड़ जाना; **to be** ~ **of hands** मज़दूरों या कारीगरों आदि का कम होना; I am two rupees ~ मेरे पास दो रुपये कम हैं; **Nothing** ~ of violence would compel him केवल हिंसा ही उसे मजबूर कर सकेगी; 6 *misc*: ~ **circuit** (i) लघु(परि)पथ, (ii) बिजली के उपयोग के स्थान (बल्ब आदि) से पहले दोनों तारों का मिल जाना और जल उठना; ~**-circuit** *vt* लघु परिपथ बनाना, से बिजली काट देना; *fig* प्रक्रिया को संक्षिप्त या सरल बनाना, ~**-cut** छोटा रास्ता, *fig* सरल मार्ग या उपाय; ~ date नज़दीक की तारीख़; ~**-hand** आशुलिपि; ~ memory जल्दी भूल जाने की आदत; ~ **notice** थोड़े समय का नोटिस, अल्पकालिक सूचना; ~ **temper** चिड़चिड़ापन; ~ **wave** लघु तरंग; *n* 1 संक्षिप्त कथन, **the long and the** ~ **of it** सारांश, मतलब; 2 ह्रस्व स्वर; 3 (in *pl*) **shorts** जांघिया, निकर, *adv* एकाएक, उचित समय से पहले; **to stop** ~ एकाएक (बीच में ही) रुक जाना; **to stop** ~ **of murder** हिंसा करते-करते रुक जाना, **to cut s.o.** ~ किसी की बात काटना; **to come, fall,** ~ **of sth** लक्ष्य या आशा से कम होना या कम रहना, निराशाजनक होना; short of burning it इसे जलाने के सिवाय, इसे जलाये बिना; *comb*: ~**-dated** अल्पावधि, अल्पकालिक; ~**-handed** जिसके यहां मज़दूरों की कमी हो; ~**-sighted** (i) मन्द दृष्टि से पीड़ित, (ii) अदूरदर्शी; ~**-tempered** चिड़चिड़ा

shortage शॉर्टिज *n* कमी, न्यूनता, अपर्याप्तता

shortcoming शॉर्ट्कमिङ्ग *n* 1 कमी, अपर्याप्तता, दोष, 2 (in *pl*) ~s त्रुटियां, दोष

shorten शॉर्टन *n* & *vt* & *i* छोटा करना या हो जाना, कम करना या हो जाना, संक्षिप्त करना या होना; ह्रस्व करना

shortly शॉर्ट्लि *adv* 1 थोड़ी देर बाद, थोड़े ही दिनों में, जल्दी ही; ~ before थोड़ी देर पहले; 2 संक्षेप में, थोड़े शब्दों में; 3 रुखाई से [to reply ~]

shortness शॉर्ट्निस *n* 1 छोटापन, छोटाई; 2 संक्षिप्तता, 3 ह्रस्वता, 4 कमी, अभाव, अपर्याप्तता

shot^1 शॉट *a* 1 रंग-बिरंगा, beard ~ with grey दाढ़ी जिसमें कई बाल सफ़ेद हों, गंगा-जमनी दाढ़ी, 2 हिलाने-डुलाने से रंग-बदलने वाला [~ silk]

shot^2 *n* 1 (तोप का) गोला, (बन्दूक की) गोली, 2 (*pl* usu. shot) छर्रा, छर्रे; 3 तोप आदि का दग़ना, गोली का चलना, [several ~s were fired]; दग़ने की आवाज़ [I heard a ~], 4 प्रयत्न, कोशिश, 5 अनुमान, अटकल, He made a bad ~ उसका अनुमान ग़लत निकला; **a shot in the dark** अटकल-मात्र, 6 **random** ~ अटकल-पच्चू निशाना, बिना लक्ष्य बांधे चलाई गई गोली; 7 निशाने पर मारने वाला, निशानेबाज़ [is a good, bad, *or* no, shot], 8 इंजेक्शन, **to get, give s.o., a** ~ **in the arm** (*fig*) उत्साह बढ़ना या बढ़ाना, प्रोत्साहन मिलना या देना, **big** ~ (see big); 9 सिनेमा-कैमरे से लिया गया फ़ोटो; 10 (as second member in (*comb.*) मार, पहुंच [ear-~, rifle-~], 11 ~**-gun** छर्रे वाली बन्दूक

should शुड (*p.t.* of shall) 1 (indicating *duty*, *command*, *etc*) चाहिए [You ~ obey your parents; everybody ~ go to the poll]; 2 (indicating *probability*) He ~ be home by now वह अब घर पहुंच गया होगा; 3 =if; should the occasion arise? यदि अवसर आये?

shoulder^1 शोल्डर *n* 1 कंधा, स्कंध, अंस, 2 (in *pl*) पीठ का उपरला भाग, (*fig*) **to have broad** ~**s** भारी बोझ या ज़िम्मेवारी उठा सकना, 3 **old**

head on young ~s युवा बुद्धिमान्, युवावस्था में बुद्धिमत्ता; **to stand head and ~s above others** दूसरों से कहीं बढ़ कर होना; **to stand ~ to ~** कंधे से कंधा मिला (या भिड़ा) कर खड़े होना, साथ-साथ खड़े होना, संगठित होना; **to put one's ~ to the wheel** जोश या उत्साह से काम करना, प्रयत्न करना; 4 *comb*: ~-belt परतला; ~-**blade** स्कन्धास्थि

shoulder^2 *vt* 1 कंधा मारना, कन्धे से धक्का मारना; to ~ one's way through the crowd कन्धे मार-मार कर भीड़ में से रास्ता बनाना, 2 कन्धों पर रखना या उठाना [to ~ one's gun]; (*mil*) Shoulder arms! शस्त्र उठाओ!, 3 **to ~ the responsibility** ज़िम्मेवारी संभालना या अपने ऊपर लेना

shout शाउट *n* & *vi* & *t* 1 चिल्लाहट, चीख़, चीत्कार, पुकार, कोलाहल, नारा; ~s of laughter ठहाके; *vi* 2 चीख़ना, चिल्लाना [to ~ for joy]; to ~ for help मदद के लिए पुकारना; 3 (*vt*) to ~ slogans नारे लगाना; to shout **down** a speaker चिल्ला-चिल्ला कर वक्ता को चुप करा देना; ~**ing** *n* शोर, कोलाहल, नारे; **all is over but** (*or* **bar**) **the ~ing** मैच का फ़ैसला तो हो चुका है, अब नारे ही लग रहे हैं

shove शव *vt* & *i* & *n* 1 धक्का देना, धकेलना, ठेलना; 2 to ~ one's way through the crowd धक्के मार कर भीड़ में से रास्ता बनाना; to ~ aside धक्के से एक ओर हटा देना, to ~ forward धकेल के आगे ले जाना; 3 (*vi*) to ~ **along, past, through,** etc धक्कमधक्का करके आगे बढ़ना, to ~ **off** (नाव में बैठ कर) चल पड़ना; *n* धक्का, ठेला, ठेल; to give s.o. a shove-off किसी को ठेल देना, प्रस्थान करने में सहायता देना

shovel शव्ल *n* & *vt* (-ll-) फावड़ा, बेलचा; *vt* बेलचे से (कोयला आदि) हटाना या उठाना या उठा कर रखना; ~**ler** शव्लर *n* 1 बेलचा चलाने वाला, 2 चम्मच-सी चोंच वाली बत्तख़

show^1, (*arch*) **shew** शो *vt*, & *i* 1 दिखाना, to ~ **oneself**, to ~ **one's face** मुँह दिखाना, लोगों के सामने आना; to ~ **one's hand** अपने इरादे बताना या ज़ाहिर करना; **to have nothing to ~ for** (one's effort etc) (अपने प्रयत्न) का कोई ज़ाहिरा नतीजा न होना, (अपनी सफलता का) कोई प्रमाण न दे सकना; 2 दिखाना, बताना, बतलाना; **to ~ s.o. the way** (i) किसी को रास्ता दिखाना या बताना, (ii) तरीका बताना, के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना; **to ~ s.o. round** (the house etc) आगे-आगे या साथ चलकर किसी को घर आदि दिखाना; **to ~ cause** कारण बताना; 3 प्रदर्शित करना, व्यक्त करना, प्रकट करना, दिखाना [to ~ courage, an interest, etc]; **to ~ fight** लड़ने को तैयार होना; 4 प्रमाणित करना, सिद्ध करना [it ~s the falsity of the tale; ~s it to be false]; 5 *vi* दिखाई देना, दिखना, सामने आना [the buds are beginning to ~]; **show-down** *n* (cards) पत्ते खोलकर दिखाना; *fig* बलपरीक्षा, ज़ोर-आज़माई; अपनी शक्ति या इरादों की घोषणा, 6 (with *prepp*) to ~ (s.o.) **in** अन्दर ले जाना; to ~ (sth, s.o.) **off** का शान से प्रदर्शन करना; to ~ **off** (*vi*) अपने ऐश्वर्य, विद्वत्ता आदि का दिखावा करना, शान दिखाना, शान बघारना; ~-**off** *n* प्रदर्शनप्रिय व्यक्ति; to ~ **up** (*vi*) (i) साफ़ दिखाई देना, (ii) *colloq* आना, उपस्थित होना, मुँह दिखाना [He didn't ~ up at the party]

show^2 *n* 1 दिखावा, प्रदर्शन, **by ~ of hands** हाथ उठा कर; 2 प्रदर्शनी, नुमाइश [flower-~, horse-~], 3 खेल, तमाशा, **to give the (whole) ~ away** अपनी त्रुटियां बता देना, अपनी पोल खोल देना; 4 बाह्य रूप, दिखावा, ढोंग, आडम्बर, 5 ठाट-बाट, धूम-धाम, तड़क-भड़क, 6 *sl* व्यापार, व्यापारिक संस्था, फ़र्म to run the ~ कर्ता-धर्ता होना, 7 *comb*: ~ **business**, (*sl*) ~**biz** मनोरंजन (वि० नाट्य-) व्यवसाय; ~-**case** प्रदर्शन-मंजूषा, ~**man** सरकस या खेल-तमाशे का प्रबन्धक; ~**manship** सरकस दिखाने की कला, *fig* अपना माल या अपने गुण प्रदर्शित करने की कला, प्रदर्शन-कला, 8 ~-**piece** उत्तम प्रदर्शनीय वस्तु; ~-**place** (यात्रियों के लिए) देखने लायक स्थान, (प्र)दर्शनीय स्थान; ~-**room** प्रदर्शन-कक्ष; ~-**window** (दुकान की) प्रदर्शन-खिड़की

shower^1 शाउअर *n* 1 (*lit* & *fig*) थोड़ी देर की वर्षा या वृष्टि, झड़ी, बौछार [~ of hail, bullets, questions, gifts, etc], 2 (only *fig*) भरमार, बाहुल्य, 3 ~(-**bath**) फुहारा, फुहारा-घर; ~**y** *a* वर्षा या वृष्टि या झड़ी का, बरसाती [~y season]

shower^2 *vt* & *i* 1 की वर्षा या वृष्टि या बौछार करना, झड़ी लगाना, बरसाना [to ~ blows, gift, etc on s.o.]; छिड़कना [to ~ water]; 2 *vi* बरसना, की झड़ी लग जाना; फुहारे के नीचे नहाना

showing शोइङ्ग *n* व्यक्तीकरण, प्रदर्शन; प्रतिपादन (की अच्छाई या घटियापन); **made a** poor ~ घटिया काम कर दिखाया; **on your own** ~ जैसा कि आपने स्वयं दर्शाया है, आप के ही मतानुसार

showy शोइ *a* 1 (of appearance) दिखावे का, दिखावटी, बनावटी, आडम्बरपूर्ण, 2 (of person) दिखावा करने वाला, आडम्बरप्रिय, 3 (of dress) भड़कीला, चटकीला, ठाटदार

shrapnel श्रैप्नल *n* फटने वाले बम में भरी गोलियां (जो बम के फटने पर चारों तरफ़ बड़े वेग से बिखर जाती हैं), बम का फटने वाला भाग,

श्रैपनेल

shred श्रे॑ड *n* & *vt* 1 खण्ड, अंश, लव, लेश [not a ~ of evidence], 2 टुकड़ा, कतरन, धज्जी, चिथड़ा [His dress was all ~s]; **to tear sth to ~s** टुकड़े-टुकड़े करना, धज्जियां उड़ाना; **to tear an argument to ~s** दलील की धज्जियां उड़ाना; *vt* टुकड़े-टुकड़े करना, कतरना, फाड़ना, धज्जियां उड़ाना

shrew श्रू *n* डांटने-फटकारने वाली स्त्री, लड़ाकी औरत, कर्कशा, चण्डी

shrewd श्रूड *a* 1 समझदार, कुशाग्रबुद्धि, बुद्धिमान्, विवेकी [~ observer], 2 समझदारी का, बुद्धिमत्ता का, विवेकपूर्ण [~ reasoning], 3 चालाक, सयाना, व्यवहारकुशल [~ businessman], 4 (of cold, pain, etc) सख़्त, तेज़; **~ness** *n* समझदारी, बुद्धिमत्ता

shriek श्रीक *vi* & *t* & *n* 1 चीख़ना, चीख़ मारना, चिल्लाना, हूकना; **to ~ with laughter** ठहाका मारना, खिलखिला उठना, किलकारी मारना, 2 *vt* चिल्ला कर कहना, *n* 1 चीख़, चीत्कार, चिल्लाहट, दर्दभरी आवाज़, 2 किलकारी

shrift श्रिफ़्ट *n* **to give s.o. short ~** (दंड सुनाने और दंड देने के बीच) थोड़ी-सी मोहलत देना; *fig* किसी से रुखाई से पेश आना, बस क्षण-भर ध्यान देना [*so also* to get short ~]

shrike श्राइक *n* एक हिंस्र पक्षी

shrill श्रिल *a* & *vi* 1 (of voice) तेज़, तीक्ष्ण, कर्णभेदी, 2 *fig* (of person) आग्रह करने वाला, आग्रही; *vi* चीख़ना, चिल्लाना

shrimp श्रिम्प *n* 1 कड़ी खाल वाला खाद्य छोटा समुद्री जीव, चिंगट, झींगा, 2 बौना

shrine श्राइन *n* & *vt* 1 (पवित्र अवशेष रखने की) सदूकची, डब्बा, मंजूषा, अस्थि-पात्र, 2 (सन्त, महात्मा की) समाधि, (पीर की) दरगाह, मकबरा, 3 (किसी की स्मृति से संबंधित) पुण्य या पवित्र स्थान, *vt* = enshrine

shrink श्रिङ्क *vi* & *t* (shrank, shrunk) 1 सिकुड़ना, सिमटना, 2 घटना, कम होना, छोटा होना; 3 पीछे हटना, खिसकना, कतराना [to ~ from danger], 4 झिझकना, हिचकना, मुंह मोड़ना, न चाहना [to ~ **from doing** sth], 5 **to ~ into oneself** लोगों से मेल-जोल छोड़ देना; 6 *vt* सिकोड़ना [Washing will not ~ sanforized cloth]; **~age** *n* 1 (कपड़े की) सिकुड़न, संकुचन, (धातु का) छोटा होना, 2 घटती, कमी, ह्रास [the ~age in our export trade]

shrive श्राइव *vt* (*arch*) (किसी की) पाप-स्वीकृति सुनना, (किसी के) पाप क्षमा करना

shrivel श्रिवल *vi* & *t* (-ll-) 1 सिकुड़ना या सिकोड़ना, झुर्रियां पड़ना या डालना, 2 मुरझाना, कुम्हलाना

shroud श्राउड *n* & *vt* 1 कफ़न, चादर, 2 परदा, आवरण, wrapped in a ~ of mystory रहस्य की चादर में लिपटा हुआ, जिसका भेद किसी को मालूम न हो, रहस्यमय, 3 in *pl* (*naut*) मस्तूल की रस्सियां, बरांडल; *vt* परदा डालना, छिपाना, ढकना

shrub श्रब *n* झाड़ी; **~bery** *n* झाड़ियों का समूह, झाड़-झंखाड़; **~by** *a* 1 झाड़ियों से भरा हुआ, झाड़ीदार; 2 झाड़ी-जैसा

shrug श्रग *vt* & *i* & *n* (घृणा, अस्वीकृति, उदासीनता आदि व्यक्त करने के लिए) कंधे उचकाना [to ~ (one's shoulders)], **to ~ off** (महत्त्वहीन समझ कर) टाल देना, पर ध्यान न देना, *n* कंधे उचका कर किया गया संकेत या व्यक्त की गई घृणा आदि

shuck शक *n* & *vt* छिलका या छींबी (उतारना)

shudder शडर *vi* & *n* 1 (सर्दी, भय आदि के कारण) कांपना, थरथराना, थर्राना, 2 रोंगटे खड़े हो जाना [I ~ to think of the consequences]; *n* कँपकँपी

shuffle शफ़ल *vt* & *i* & *n* 1 **to ~ one's feet** पाँव घसीट कर चलना; खड़े-खड़े या बैठे-बैठे पाँव घिसना या रगड़ना, 2 (वस्तुओं को) परस्पर मिलाना, गड्डमड्ड करना; to ~ the **cards** पत्ते फेंटना, *fig* काम बदलना, नई नीति अपनाना, 3 to ~ **off, on,** one's clothes जल्दी-जल्दी कपड़े उतारना (या पहनना); **to ~ off responsibility on to others** ज़िम्मेदारी दूसरों पर डाल देना, 4 *vi* कठिनाई से चलना, पाँव घसीट कर चलना, 5 घबराहट से हिलना-डोलना; *fig* डांवांडोल होना, एक बात पर न टिकना, टालमटोल करना; *n* 1 घसीट, घसिटती या लड़खड़ाती चाल; 2 (ताश के पत्तों की) फेंट, 3 उथल-पुथल, उलट-फेर, हेर-फेर, 4 दो-मानी बात, वाक्छल, टाल-मटोल, छल-कपट, धोखा, चालाकी

shun¹ शन *vt* कतराना, दूर रहना, अलग रहना, परहेज़ करना, बचना

shun²! *mil* (*abbr* of attention!) सावधान!

shunt शन्ट *vt* & *i* & *n* 1 (गाड़ी को) दूसरी पटरी पर ले जाना, शंट कराना या करना, 2 (विषय पर) विचार-विमर्श स्थगित करना या न होने देना, (योजना आदि) ताक पर रख देना, (व्यक्ति को) निकम्मा रहने देना

shut शट *vt* & *i* 1 (किवाड़, खिड़की, कमरा, आंख, मुंह, होंट आदि) बंद करना, 2 to ~ the **door against** s.o किसी को अन्दर न आने देना, to ~ **the door on sth** पर विचार करने से इन्कार करना, असंभव बना देना; to ~ one's **eyes to** sth देखने से इन्कार करना; की अनदेखी करना; to ~ one's **ears to** (s.o.'s appeal etc) सुनने से इन्कार करना; to ~ one's **heart** to s.o. के साथ सहानुभूति न करना या न होना; to ~ one's **mind to** के बारे में न सोचना;

3 *vi* बन्द होना, 4 (with *prepp*) to ~ **in** (खुली जगह को) घेर लेना, (बाड़े आदि में) बंद करना [to ~ in a flock of sheep]; to ~ **off** the engine, steam, etc इंजन, भाप आदि बन्द करना; to ~ **out** बाहर रोक रखना, अन्दर न आने देना; to shut **up** कैद करना; *colloq* चुप करा देना, बोलने न देना; **to ~ up shop** दुकान बढ़ाना, (शेष दिन के लिए) दुकान बन्द करना; कारोबार बन्द कर देना

shutter शटर *n* & *vt* 1 (of door) किवाड़, कपाट, तख़्ता, (of window) झिलमिली; **to put up the ~s** दुकान बन्द करना, दुकान बढ़ाना, 2 (of camera) लेन्स को खोलने या बंद करने का उपकरण, कपाट, *vt* 1 किवाड़ या झिलमिली लगाना; 2 (कमरे के) किवाड़ आदि बंद करना

shuttle शटल *n* & *vt* & *i* 1 (करघे की) ढरकी, भरनी, 2 *mech* तुरी, 3 **~ train** पास के दो स्टेशनों के बीच आने-जाने वाली गाड़ी, शटल गाड़ी; **~ service** शटल गाड़ी का आना-जाना; **space ~** अन्तरिक्ष और धरती के बीच आने-जाने वाला राकेट, अन्तरिक्षी शटल; *vt* & *i* इधर से उधर और उधर से इधर धकेलना या जाना

shuttlecock शटल्कॉक *n* कार्क की बनी बैडमिटन की चिड़िया; *fig* ऐसी चीज जिसे बार-बार इधर से उधर और उधर से इधर धकेला जाता रहे

shy¹ शाइ *a* 1 (of person) शर्मीला, लज्जावान्, लज्जाशील, झेंपू, 2 (of beast, bird, fish, etc) जल्दी चौंक जाने वाला, चौकन्ना, 3 to be **~ of** s.o. से दूर रहना, कतराना; to be **~ of doing sth** झिझकना, संकोच करना; **to fight shy** (see fight¹, 10); 4 *arch* समझ या पकड़ में न आने वाला, दुर्बोध, दुर्लभ

shy² *vi* 1 (usu of horse) बिदकना, भड़कना, उछलना, चौंक जाना, चौकन्ना होना [to **~ at** an object or a noise]; 2 (*fig*) **to shy at** (a proposal etc) चौंक पड़ना, बुरा मानना

shy³ *vt* & *i* & *n* (*colloq*) फेंकना [to ~ a stone at s.o.], *n* प्रयत्न, कोशिश; **to have a ~ at doing sth** कोई काम करने की कोशिश करना

Shylock शाइलॉक *n* (कर्ज़दारों का ख़ून पीने वाला) कठोरहृदय साहूकार [a character in Shakespeare's *Merchant of Venice*]

Siamese साइअ-मीज़ *a* & *n* स्याम अर्थात् थाइलैंड का (निवासी); **~ twins** जुड़वाँ यमल, *fig* अभिन्न मित्र

sibilance सिबिलन्स *n* सीत्कार, **sibilant** सिबिलन्ट *a* & *n* 1 सीत्कारयुक्त, सी-सी ध्वनियुक्त, 2 ऊष्म (वर्ण)

sibling सिब्लिङ्ग *n* सगा अथवा सौतेला भाई, सगी अथवा सौतेली बहन; (*attrib*) **~ rivlary** भाइयों या बहनों या भाइयों-बहनों की परस्पर स्पर्धा

sibyl सिबिल *n* 1 भविष्यवाणी करने वाली स्त्री, 2 जादूगरनी; **~line** सिबिलाइन *a* भविष्यसूचक; भविष्यवक्ता का, भविष्यवक्ता-जैसा

sic L सिक *adv* उद्धरण के बाद कोष्ठक में लिखा जाने वाला शब्द = यथावत्, ठीक ऐसा ही

siccative सिक-टिव *a* & *n* सुखाने वाली (वस्तु), शोषक (पदार्थ)

sick सिक *a* 1 बीमार, रोगी, रुग्ण, 2 to be sick कै करना; to feel sick ~ कै आने को होना, जी मितलाना; **to be ~ at heart** उदास या दु:खी होना, परेशान होना, हतोत्साह होना; **to be ~ of sth** किसी चीज़ से ऊब या उकता जाना, 3 *comb*: **~-bay** रोगी-कक्ष, **~-bed** रोगी-शय्या; **~-leave** बीमारी की छुट्टी; **~-list** रोगी-सूची

sicken सिकन *vi* & *t* 1 बीमार पड़ना, कै आने को होना, जी मिचलाना, 2 घृणा करना, 3 *vt* मिचली लाना; घृणा पैदा करना; **a sickening sight** घृणाजनक या वीभत्स दृश्य; 4 उबा या उकता देना [to ~ s.o. of sth]

sickle सिकल *n* 1 दरांती, हंसिया, 2 **the ~** सिंह राशि (= Leo)

sickly सिक्लि *a* 1 प्राय: बीमार रहने वाला, जल्दी बीमार पड़ने वाला, दुर्बल, 2 बीमार-जैसा, पीला [~ complexion], 3 बीमार करने वाला, अस्वास्थ्यकर, मिचली लाने वाला [~ climate, smell, taste], 4 किंचित् भावुक

sickness सिक्निस *n* 1 बीमारी, रोग, अस्वस्थता, 2 मिचली

side¹ साइड *n* 1 फलक, सतह [a cube has six ~s], 2 (of house, mountain, etc) पार्श्व, बगल, 3 तरफ़, ओर, रुख़ [two ~s of a sheet of paper], 4 *math* भुज, भुजा [~s of a triangle]; पक्ष [~s of an equation], 5 (of person, animal) दायाँ या बायाँ भाग, पार्श्व, बगल, **to stand ~ by ~** साथ-साथ या पास-पास खड़ा होना, **to shake *or* split one's ~s** हंसते-हंसते पेट में बल पड़ना; 6 **credit ~** जमा की तरफ़, जमा खाता; **debit ~** नामे की तरफ़; 7 मध्य से दूरस्थ भाग, सिरा, छोर, किनारा [~ of the road]; 8 पहलू [all ~s of the question], **on the high ~** कुछ ज्यादा, **on the low ~** कुछ कम [The estimate is on the high, low, side], 9 दो दलों में से एक, पक्ष, पार्टी; (*sport*) टीम; **to take sides** पक्षपात करना, तरफ़दारी करना, 10 वंश, पक्ष [maternal, paternal, ~]; 11 *attrib* कम महत्व का, गौण, प्रासंगिक, side issue गौण प्रश्न, **~line** *n* अतिरिक्त या गौण धंधा, उपवृत्ति; *vt* (खेल आदि में) भाग लेने के अयोग्य बना देना, हटा देना, 12 *comb*: **~board** (भोजनागार में प्लेटें, गिलास आदि रखने की) अलमारी; **~-burns** गलमुच्छा; **~-door** बग़ल का दरवाज़ा; **~-effect** (औषध का अवांछनीय)

गौण प्रभाव, **~-glance** कटाक्ष, कनखी; **~lights** प्रासंगिक घटनाएं या जानकारी आदि; **~line** (व्यक्ति का) गौण पेशा; **~lines** खेल के मैदान के बाहर की जगह; **to be on the ~lines** खेल में भाग न लेना, प्रेक्षकमात्र होना, सीधा संबंध न होना [In financial matters, the Prime Minister was on the ~lines]; **~-splitting** *a* लोट-पोट कर देने वाला, पेट में बल डालने वाला, **~-step** *n* एक ओर को उठाया गया कदम; *vi* पैंतरा बदलना, बचाव करना; *fig* टाल देना; **~-track** *vt* (*fig*) (मामले को) स्थगित करना, टालना

side² *vi* पक्ष लेना, तरफ़दारी करना [to ~ with s.o.]

sidelong साइड्लोँङ्ग *a* & *adv* तिरछा; **~ glance** कनखी; *adv* तिरछे, एक तरफ़ को [to move ~]

sidereal साइडिअ-रिअल *a* नक्षत्र का, नाक्षत्रिक; **~ day** नक्षत्र-दिवस; **~ year** पृथ्वी के द्वारा सूर्य की पूरी परिक्रमा करने की अवधि, नाक्षत्र वर्ष

sideward साइड्वड् *a* तिरछा, एक ओर का; **~s** *adv* तिरछे, एक ओर को; **sideways** *a* & *adv* 1 =sideward(s), [Move sideways], 2 Stand sideways एक तरफ़ खड़े होओ

siding साइडिङ्ग *n* गाड़ी को शंट कराने के लिए बनी अलग पटरी, बग़ली पटरी, साइडिंग

sidle साइडल *vi* झुक कर या दबक या सिमट कर चलना [to ~ up to s.o.]

siege सीज *n* 1 आक्रमणकारी सेना द्वारा किले आदि को घेर लेना, घेरा, घेराबन्दी, 2 **to lay ~ to** घेरा डालना, **to raise the ~ of** (किले आदि का) घेरा उठा लेना या उठवा देना, (किले पर) अधिकार करने का प्रयत्न छोड़ देना; 3 अनिच्छुक व्यक्ति को बाध्य करने का आग्रह

sienna सि-ऍन: *n* रंगने के काम में आनेवाली गेरू-जैसी मिट्टी, सिएना

sierra सि-ऍर: *n* (पास-पास स्थित अनेक नुकीली चोटियों वाली) लंबी पर्वतमाला; दांतेदार पर्वतमाला; **S~ Leone** सिऍर: लीओन *n* पश्चिम अफ्रीका का एक स्वतन्त्र देश

siesta सि-ऍस्ट: *n* (गरम देशों में) मध्याह्न-विश्राम

sieve सीव *n* & *vt* 1 छलनी, छाननी, चलनी, 2 *colloq* भेद न रख सकने वाला व्यक्ति, पेट का हल्का आदमी; *vt* छानना

sift सिफ़्ट *vt* & *i* 1 छानना [to ~ flour], छानकर अलग करना; छान कर निकाल देना [to ~ out], 2 (बयान, तथ्यों आदि की) बारीकी से जांच करना, जांच-पड़ताल करना, छान-बीन करना, विश्लेषण करना [to ~ the evidence, facts, etc]; *vi* छनना, छनकर अलग हो जाना; **~er** *n* 1 छानने वाला, 2 छलनी, छाननी; **~ings** *n pl* छान, चोकर

sigh साइ *n* & *vi* 1 दु:ख या थकावट या विश्राम की सूचक गहरी सांस, निश्वास, उच्छ्वास, आह, हाय; **to heave a ~** आह भरना; **to heave a ~ of relief** सुख की सांस लेना, *vi* 2 आह भरना; 3 **to ~ for** sth की उत्कट इच्छा होना, के लिए तरसना, ललकना; 4 (of wind) सांय-सांय करना, सनसनाना

sight¹ साइट *n* 1 देखने की शक्ति, दृष्टि, नज़र; **short ~** (i) मन्द दृष्टि, *fig* अदूरदर्शिता; (ii) **second ~** अन्तर्दृष्टि, दिव्यदृष्टि, **to know s.o. by ~** किसी की शक्ल (-मात्र) से परिचित होना, पहचानना, 2 देखने की क्रिया, देखना, दर्शन, **to catch ~ of** (वस्तु को) देख लेना; (वस्तु का) दिखाई देना; **to lose ~ of** s.o., sth किसी (व्यक्ति, वस्तु) का आंखों से ओझल होना; to lose ~ of the fact तथ्य या बात का ध्यान न रहना; I cannot bear the ~ of him मैं उसे देखना सहन नहीं कर सकता; **at** *or* **on ~** (व्यक्ति या वस्तु को) देखते ही, **at first ~** प्रथम दृष्टि में (=prima facie, *q.v.*), 3 दृष्टि का क्षेत्र, दृष्टिपथ, जहां तक नज़र जा सकती हो; **to be in ~** दृष्टिगोचर होना, दिखाई देना; **out of ~** आंखों से ओझल; **out of sight out of mind** आँख से दूर दिल से दूर; अनुपस्थित व्यक्ति या वस्तु का ध्यान नहीं रहता, 4 दृश्य, नज़ारा, sad ~ दु:खद दृश्य; **a ~ for the gods** *or* **for sore eyes** व्यक्ति या वस्तु जिसे देख कर बहुत खुशी हो, नयनाभिराम व्यक्ति या वस्तु आदि; 5 **the sights (of a town)** दर्शनीय स्थान, स्मारक आदि ख़ास-ख़ास जगहें, 6 (बन्दूक आदि में) निशाना बांधने का उपकरण, लक्षक, तकनी, मक्खी, [the ~s of a rifle etc]; *fig* निशाना, लक्ष्य, **to set one's ~s** (*fig*) लक्ष्य स्थिर करना; **to set one's ~s on sth** को अपना लक्ष्य बनाना; **to lower one's ~s** लक्ष्य में कमी करना, 7 *comb:* **~-bill** दर्शनी हुंडी; **~seeing** दर्शनीय स्थानों की सैर; **~worthy** देखने लायक, दर्शनीय

sight² *vt* 1 (पास आने पर वस्तु को) देख पाना, देखना [An unidentified flying object (U.F.O.) was sighted over the town]; (नक्षत्र आदि को) दूरबीन से देखना; 2 निशाना बांधना या साधना [to ~ a gun]

sightless साइट्लिस *a* नेत्रहीन, अंधा, **sightly** साइट्लि *a* दर्शनीय, सुन्दर, नयनाभिराम

sigillate सिजिलट *a* 1 (of pottery) जिस पर खुदे हुए-से चित्र बने हों, चित्रांकित, 2 *bot* मुद्रा-जैसे चिन्हों से अंकित, मुद्रांकित

sign¹ साइन *n* 1 निशान, चिन्ह; **sign of the cross** (आशीर्वाद या अभिवादन के समय) सलीब या क्रूस का चिन्ह, 2 प्रतीक [words are the ~s of ideas]; *math* चिन्ह [plus, minus, sign]; 3 इशारा, संकेत [to make a ~ to s.o.]; **to make no ~** बेहोश जान पड़ना; विरोध या प्रति-

बाद न करना; ∼ language संकेत-भाषा; 4 संकेत-शब्द, पहचान-शब्द; 5 लक्षण [∼s of the disease, of life, etc]; ∼**s of the times** समय के लक्षण, ज़माने के रंग-ढंग; 6 अद्भुत घटना, चमत्कार; अनिष्ट का लक्षण, अपशकुन, 7 नाम-पट्ट, साइन-बोर्ड; 8 राशि [∼ of zodiac], 9 *comb*: ∼(**board**) (दुकान आदि का) नाम-पट्ट; ∼-manual (*arch*) हस्ताक्षर, ∼**-painter**, ∼**-writer** साइनबोर्ड लिखने वाला; signpost (चौराहे आदि पर गाड़ा हुआ) दोनों ओर की सड़कों पर आने वाले स्थानों के नामों का सूचक खंभा, नाम-स्तंभ,

sign^2 *vt* & *i* **1** पर हस्ताक्षर करना [to ∼ a letter, will, picture, etc], to ∼ one's name हस्ताक्षर करना; **2** to sign assent स्वीकृति का संकेत करना, हां करना, **3 to** ∼ **away** (a right, property, etc) अभिलेख पर हस्ताक्षर करके (अधिकार, जायदाद) दे देना; **4** to ∼ **on**(*or* **up**) नियुक्त करने (या नियुक्त होने) के करार पर हस्ताक्षर करना; to ∼ **off** हस्ताक्षर करके नियुक्ति के करार का अन्त कर देना; 5 (*radio*) to ∼ **on** *or* **off** प्रसारण के आरंभ या अन्त की संकेत-ध्वनि करना, **6** *vi* इशारा या संकेत करना [He ∼ed to me to come]

signal^1 सिग्नल *a* बहुत अच्छा, बढ़िया, उत्कृष्ट, विशिष्ट [∼ service]; शानदार [∼ success, victory]; उचित, कड़ा, सख़्त [∼ punishment), बहुत बुरा [∼ defeat]; ∼**ly** *adv* ख़ास तौर से, ख़ास तौर पर, विशेषत:

signal^2 *n* **1** संकेत, इशारा [to give the ∼ for departure], **2** (of railway) संकेतक, सिगनल, सिकन्दरा ; 3 ∼ **of distress** (वि० जहाज़ द्वारा तोप दाग़ कर) सहायता की अपील; **4** वह घटना जिसके होते ही कोई अन्य कार्यवाही शुरू हो जाए, अवसर [His arrest was the ∼ for an outbreak of violence]; 5 **storm-signal** तूफ़ान का सिगनल, **signal-box** (*rail*) सिगनल-कोठरी

signal^3 *vt* & *i* (-ll-) **1** सिगनल देना, **2** सिगनल द्वारा (सन्देश) भेजना, 3 (*vi*) संकेत या इशारा करना [to ∼ to s.o. to do . . .]; ∼**ler** *n* सिगनल देने वाला, सिगनलर, तार-बाबू; ∼**ling** *n* सिगनल-व्यवस्था

signalize सिग्नलाइज़ *vt* विशेषता प्रदान करना, शोभा बढ़ाना, महत्त्व बढ़ाना [His accession was signalized by an amnesty]

signatory सिग्नटरि *a* & *n* (संधि पर) हस्ताक्षर करने वाला (व्यक्ति, दल या देश), हस्ताक्षरकर्ता [a ∼ country; ∼ to a treaty]

signature सिग्नचर *n* **1** नामाक्षर, **2** हस्ताक्षर, दस्तख़त, सही, 3 (*radio*) ∼ **tune** (प्रसारण आरंभ करने की) संकेत-धुन, पहचान-धुन

signet सिग्निट *n* **1** (व्यक्ति के नाम की), मोहर, मुहर, मुद्रा; **2 the** ∼ राजमुद्रा, **3** ∼**-ring** मोहर वाली अंगूठी, मुद्रा, मुद्रिका, मुंदरी

significance सिग्-निफ़िकन्स *n* **1** अर्थवत्ता, सार्थकता; अर्थ या मनोभाव को व्यक्त करने का गुण, व्यंजकता; a look of deep significance गूढ़ मनोभाव को व्यक्त करने वाली चितवन; **2** अर्थ, मानी, मतलब, अभिप्राय, आशय [Those were the words, but what is their ∼?], **3** महत्त्व [His view is of no ∼]

significant सिग्-निफ़िकन्ट *a* **1** जिसका कुछ अर्थ हो, अर्थवान्, सार्थक [-kin is a ∼ termination], **2** जिसका कोई गूढ़ अर्थ हो, अर्थगर्भित, **3** खास, बड़ा, भारी, ध्यान देने लायक, महत्त्वपूर्ण [a ∼ event, person, etc]

signification सिग्निफ़ि-केशन *n* अर्थ, मतलब, मानी [∼ of a word, phrase, etc]

significative सिग्-निफ़ि-क-टिव *a* जिसमें किसी बात का लक्षण या चिन्ह हो, जिससे किसी बात का प्रमाण मिले, सूचक [∼ **of** sth]

signify सिग्निफ़ाइ *vt* & *i* **1** का सूचक या लक्षण होना [a halo signifies rain], **2** अर्थ या मतलब या मानी होना, 3 बताना, जताना, व्यक्त करना, सूचित करना [He **signified his reluctance**], **4** *vi* महत्त्व रखना [what does it ∼?]

silage साइलिज *n* & *vt* =ensilage

silence^1 साइलन्स *n* **1** मौन, चुप्पी, ख़ामोशी; ∼ **is golden** एक चुप सौ सुख; **to keep** ∼ मौन या चुप या खामोश रहना; **to break** ∼ मौन भंग करना, बोलना; **to put** *or* **reduce to silence** (बहस में) चुप करा देना, निरुत्तर कर देना, **2** नीरवता, नि:शब्दता, नि:स्तब्धता, सन्नाटा

silence^2 *vt* **1** चुप करा देना, मुंह बन्द कर देना, **2** (आवाज़) को दबा देना; to ∼ criticism आलोचकों का मुंह बंद कर देना; ∼**r** साइलन्सर *n* (इंजन आदि की) आवाज़ को कम करने का उपकरण, साइलेन्सर

silent साइलन्ट *a* **1** मौन, शान्त, चुप, अवाक्, मूक; *fig* कुछ न कहने या लिखने वाला, मौन [History is ∼ upon it], **2** कम बोलने वाला, अल्पभाषी, **3** नीरव, नि:शब्द, ध्वनिरहित, मूक [∼ film], **4** *phonet* जिसका उच्चारण न किया जाए; अनुच्चरित (*e.g.* b in doubt), **5 silent partner** प्रबन्धकार्य में हाथ न बंटाने वाला साझीदार, निष्क्रिय साझीदार (=sleeping partner)

silhouette सिलु-एॅट *n* & *vt* **1** (व्यक्ति का) एकरुख़ी रेखाचित्र, एकरुख़ी ख़ाका, पार्श्वरेखाचित्र; **2** (वस्तु का) रेखाचित्र, खाका [to see sth **in** ∼]; (*vt*) का रेखाचित्र या पार्श्वरेखाचित्र बनाना, ख़ाका प्रस्तुत करना या दिखाना [usu in *pass*: The clock-tower is ∼d against the sky]

silica सिलिक: *n* सिलिकान (silicon) का यौगिक जो कांच बनाने में प्रयुक्त होता है), सिलिका

siliceous, silicious सिलिशस *a* सिलिकामय

silicon सिलिकन *n* (*chem*) एक अधात्विक तत्त्व, सिलिकान

siliqua सिलिक्व:, **-que** (सिलीक) *n* (राई, सरसों आदि की) छीमी

silk सिल्क *n* 1 रेशम, सिल्क, artificial ~ नकली रेशम, 2 in *pl* रेशमी वस्त्र (esp. jockey's cap & jacket), 3 (नीलम और पद्मराग में पाई जाने वाली) चमक, 4 *attrib* रेशमी, कौशेय, **to make a ~ purse out of a sow's ear** किसी व्यक्ति से उसकी क्षमता से कहीं अच्छा काम करा लेना, 5 **~worm** रेशम का कीड़ा

silken सिल्कन *a* 1 (रेशम-जैसा) मुलायम, चिकना, चमकीला [her ~ tresses], 2 (of manner], voice) प्रिय, मधुर, मृदु, नम्र, विनीत, चापलूसी का, खुशामद-भरा, लुभावना; **silky** सिल्कि *a* = silken

sill सिल *n* खिड़की या दरवाज़े के निचले सिरे पर लगी सिल या लकड़ी की पट्टी, **window-~** सिल, दासा, **door-~** देहलीज़

silliness सिलिनिस *n* मूर्खता; **silly** सिलि *a* 1 मूर्ख, बेवकूफ़, गावदी, भोंदू, 2 मूर्खता का, मूर्खतापूर्ण, 3 **silly point** (*crick*) बल्लेबाज़ के बिल्कुल निकट का स्थान

silo साइलो *n* & *vt* 1 हरी फ़सलों को चारे के लिए सुरक्षित रखने का गड्ढा, खत्ता, खत्ती, 2 अनाज, सीमन्ट आदि रखने का मीनार, साइलो, 3 *mil* प्रक्षेपास्त्र को छोड़ने के लिये तैयार रखने का भूमिगत कक्ष; प्रक्षेपकक्ष; *vt* (चारे को) गड्ढे में सुरक्षित रखना

silt सिल्ट *n* & *vt* & *i* (नहर या बन्दरगाह आदि में जमी) गाद, सिल्ट, *vt* गाद से भर देना, *vi* में गाद भर जाना, गाद जमना

silvan, sylvan सिल्वन *a* 1 वन या जंगल का, ~ deity वनदेवता; वन्य, जंगली; 2 जहां बहुत जंगल हों, वन-संकुल, 3 देहाती, ग्रामीण

silver^1 सिल्वर *n* 1 चांदी, रजत, 2 चांदी का सिक्का या सिक्के, 3 चांदी का सामान, चांदी के बर्तन, 4 *attrib* (i) चांदी का बना हुआ, रौप्य, रजत-, **to be born with a ~ spoon in one's mouth** अमीर घर में पैदा होना; (ii) श्रेष्ठता में दूसरे नम्बर का, रजत-, ~ age रजत-युग; (iii) चांदी-जैसा सफ़ेद या चमकीला, रुपहला, धवल [~ hair]; **Every cloud has a silver lining** हर मुसीबत में धीरज या आशा बंधाने वाली कोई न कोई बात होती है, 5 *comb*: **~ screen** (सिनेमा का) रजत-पट, चलचित्र, **~-fish** (i) एक प्रकार की मछली, (ii) मछली के आकार का सफ़ेद कीड़ा-विशेष; **~-grey** चमकीला सलेटी; **~ jubilee** रजत-जयन्ती, 6 **~smith** चांदी के आभूषण आदि बनाने वाला, रजतकार, 7 **~ wedding** विवाह की रजत-जयन्ती

silver^2 *vt* & *i* 1 चांदी चढ़ाना, 2 (शीशे पर) पारा चढ़ाना, 3 (of moon or white light) सफ़ेद कर देना, 4 (बालों को) सफ़ेद कर देना, *vi* (बालों का) सफ़ेद हो जाना

silvery सिल्वरि *a* 1 चांदी-जैसा, सफ़ेद, धवल, 2 (of tone) गूंजता हुआ [~ laughter]

silviculture, sy- सिल्वि-कल्चर *n* वनरोपण, वनविज्ञान

simian सिमिअन *a* & *n* बन्दर (-जैसा), बनमानुष (-जैसा)

similar सिमिलर *a* & *n* 1 समान, तुल्य, एक-जैसा, सदृश, मिलता-जुलता, 2 *geom* समरूप [~ triangles], *n* समान या सदृश वस्तु, **~ly** *adv* इसी या उसी तरह (से), उसी प्रकार से

similarity सिमि-लैरिटि *n* 1 समानता, तुल्यता, सदृशता, सादृश्य, 2 (*geom*) समरूपता

simile सिमिलि *n* उपमा [*e.g.* She is like a rose]

similitude सि-मिलिटयूड *n* 1 सादृश्य, समानता, 2 वाह्य रूप, दिखावा, भेस, स्वांग, 3 उपमा, 4 *arch* प्रतिरूप, प्रतिकृति

simmer सिमर *vi* & *t* & *n* 1 खदबदाना, खदकना, सिमसिमाना, उबलने को होना, हल्का उबाल आना, 2 *fig* (क्रोध, असंतोष, विद्रोह आदि का) अन्दर ही अन्दर पैदा होना या उठना [a revolt, dispute, etc was ~ing], 3 (of person) to **~ down** धीरे-धीरे शान्त होना; *vt* थोड़ा उबलता रखना; *n* हल्का उबाल [to keep sth **at a, on the, ~**]

simoniac सि-मोनिऐक *a* (f. foll) पादरी पद के क्रय या विक्रय का अपराधी, धर्मपद-विक्रेता

simony साइमनि, सिमनि *n* पादरी पद में तरक्की पाने या देने के लिए पैसा देने या लेने का अपराध, धर्मपद-विक्रय का अपराध

simoom सि-मूम, **simoon** सिमून *n* (अरब देशों में) धूल-भरी तेज़, गरम और दमघोंटू आंधी, सिमूम

simper सिम्पर *n* & *vi* & *t* बनावटी हँसी, *vi* बनावटी हँसी हँसना, *vt* बनावटी हँसी हँसते हुए कहना या व्यक्त करना [He ~ed assent]

simple^1 सिम्पल *a* 1 सादा, साधारण [~ diet, life]; अलंकाररहित [~ beauty, style], 2 भोला-भाला, सीधा-सादा, निष्कपट, सरल-स्वभाव, 3 मूर्ख, नासमझ, अनजान, अनुभवहीन [I am not so ~ as to suppose that . . .], 4 जिसके समझने या करने में कोई कठिनाई न हो, सरल, सुगम, सुकर [~ problem, device, method], 5 निरा, शुद्ध, केवल-मात्र [It is ~ madness, murder, robbery, etc], 6 (*gram*, *math*) सरल [~ sentence; ~ addition], 7 **~ fracture** केवल हड्डी का टूटना, संवृत अस्थिभंग, 8 **~-minded** सीधा-सादा, निष्कपट

simple^2 *n* (*arch*) जड़ी-बूटी (से बनी औषध)

simplicity सिम्-प्लिसिटि *n* 1 सादगी, सादापन, 2 सरलता, भोलापन, 3 सुगमता, सुबोधता, सुकरता,

आसानी, **to be ~ itself** (*colloq*) बहुत आसान होना, 4 मूर्खता, नासमझी

simplification सिम्प्लिफ़ि-केशन *n* सरलीकरण

simplify सिम्प्लिफ़ाई *vt* सरल या सुगम या आसान बनाना

simplism सिम्प्लिज़म *n* जटिल समस्या को अकारण सरल मान लेना, अनुचित सरलतावाद; **simplistic** *a* सरल किन्तु ग़लत [It is a simplistic view that a democratic government can be carried on without public discussion]

simply सिम्प्लि *adv* 1 केवल, 2 बिल्कुल, सरासर, सर्वथा, निस्सन्देह [He ~ doesn't understand]

simulacrum सिम्यु-लेक्रम *n* (*pl* **-cra**) 1 प्रतिरूप, प्रतिकृति, 2 धुंधला, सादृश्य, छाया, आभास

simulate सिम्युलेट *vt* 1 का ढोंग करना, दिखावा करना, रूप बनाना, बन बैठना [to ~ virtue, indignation, etc], 2 का स्वांग करना या बनाना, वेश बनाना, अभिनय करना [He ~s the king], 3 अनुकरण करना, अनुरूप होना, सदृश लगना या होना, मिलता-जुलता होना, वैसा ही रूप धारण करना [a chameleon ~s its surroundings]; **simulated** मिलता-जुलता किन्तु कृत्रिम [~d fur, pearl]; **simulation** *n* 1 ढोंग, दिखावा, 2 छद्म रूप, स्वांग, नकल, 3 अनुकरण; **simulator** *n* ढोंगी; छद्मरूपधारी

simultaneity सिमल्ट-नीइटि, **simultaneousness** *nn* 1 समकालिकता; 2 यौगपद्य

simultaneous सिमल्-टेनिअस *adj* उसी समय होने वाला, समक्षणिक, समकालिक, एक-साथ [~ with]; **~ly** *adv* उसी समय, समकाल, एक ही समय (में), साथ-साथ

sin सिन *n* & *vi* 1 पाप, पाप कर्म, पातक, गुनाह, 2 अपराध, दोष, जुर्म, कसूर, 3 **besetting sin** (see beset), 4 **to live in sin** (esp. *colloq*) बिना विवाह किये सहवास करना, *vi* 1 पाप करना, 2 का उल्लंघन करना, के विरुद्ध आचरण करना, भंग करना [to ~ against good taste, propriety, etc]; **sinner** *n* पापी, पातकी; अपराधी

sinapism सिन-पिज़म *n* राई का लेप

since सिन्स *adv*, *prep*, & *conj*. 1 (तब) से, [He has been healthy ever ~], उसके बाद [The tree has ~ been cut down; I have not seen him ~], 2 पहले, **many years since** बहुत वर्ष पहले; (*prep*) Since when have you been here? तुम कब से यहां हो?, *conj* 1 तब से, जब से [I have eaten nothing ~ yesterday, ~ you left], 2 चूंकि, क्योंकि [Since I have no money, I can't buy it]

sincere सिन्-सिअर *a* 1 निष्कपट, निश्छल, सच्चा, बेलाग [a ~ friend], 2 दिली, हार्दिक [~ thanks]; **~ly** सच्चे दिल से, सचमुच, *adv* **yours ~ly** हृदय से आपका

sincerity सिन्-सेरिटि *n* 1 निष्कपटता, निश्छलता, 2 सद्भाव, नेकनीयती, 3 सच्चाई, ईमानदारी

sinciput सिन्सिपट *n* खोपड़ी का अग्रभाग, अग्र-कपाल (cf. occiput)

sine^{1} साइन *n* (*math*) ज्या, साइन

sine^{2} L साइनि *prep* बिना, रहित; **sine die** (साइनि-डी-ए) (अगली) तारीख़ निश्चित किये बिना, अनिश्चित काल तक, **sine qua non** (*lit*. जिसके बिना नहीं), अनिवार्य शर्त

sinecure साइनि-क्युअर *n* दायित्वरहित वैतनिक पद, आराम की नौकरी

sinew सिन्यू *n* 1 स्नायु, नस, कंडरा, 2 (in *pl*) शारीरिक बल, बाहु बल, *fig* साधन, संसाधन, **the ~s of war** धन, रुपया-पैसा जिससे युद्ध-सामग्री ख़रीदी जाती है, युद्ध-साधन; **~y** सिन्यूइ *a* 1 स्नायुमय, कंडरायुक्त, सबल [~y arms etc]; 2 सशक्त, तगड़ा, बलवान्, बलशाली

sing सिङ्ग *vt* & *i* (sang, sung) 1 गाना, गीत सुनाना, अलापना; **to ~ s.o.'s praises** किसी के गीत गाना, गुण गाना; (*colloq*) **to ~ small** (डांट पड़ने के बाद) अति विनम्र हो जाना, गिड़-गिड़ाना, 2 (of birds) कूजना, चहचहाना, गाना, 3 *vi* (of wind) सांय-सांय करना, सनसनाना, (of ears) बजना, गूंजना, 4 *vt* & *i* **to ~ (of)** पर काव्य लिखना, के गीत गाना [to ~ (of) a hero, the beauty, the victory, etc], **~er** *n* 1 गायक, गवैया; 2 कवि; **~ing** *n* गाना, गायन

singe सिन्ज *vt* & *i* (singeing) & *n* 1 तनिक जलाना, झुलसाना; ऊपर से काला कर देना [If the iron is too hot, you'll ~ the clothes]; [of hairdresser) **to ~ s.o.'s hair** बालों के सिरे झुलसाना; **to ~ one's wings** जोखिम के काम में कुछ नुक्सान उठाना; 2 *vi* तनिक जलना, झुलसना; *n* झुलसन

single^{1} सिङ्गल *a* 1 एक, अकेला, एक-मात्र, **~ transferable vote** एकल संक्रमणीय मत (अर्थात् प्रथम अंकित व्यक्ति को ज़रूरत न होने पर दूसरे अंकित व्यक्ति को मिलने वाला मत), इकहरा, **~ file** इकहरी कतार, 3 एक-का, एक के लिए [~ bedroom], **~ combat** एक-का एक से युद्ध, द्वन्द्व-युद्ध, 4 अविवाहित [~ man, woman; to lead a ~ life]; **~ blessedness** (*joc*) अविवाहित जीवन, 5 भोला-भाला, निष्कपट, निश्छल [a ~ heart], 6 *comb*: **single-handed** *a* एकहत्था, अकेला, किसी की सहायता के बिना किया हुआ [by his single-handed efforts]; *adv* अकेले, किसी की सहायता के बिना [It cannot be done single-handed]; **~-minded** एकाग्र, अनन्यमना [~-minded devotion]; **~-storeyed** एक-तला, एकमंजिला; **singly** *adv* एक-एक करके; अकेले, किसी की

सहायता के बिना; ~**ness** *n* एकलता

single^{2} *n* 1 एक-एक का खेल या मैच; 2 *crick* हिट जिससे एक ही रन बने, एक रन की हिट; एक रन, 3 **singles** एक-एक खिलाड़ी के बीच खेल, सिङ्गल्स

single^{3} *vt* चुनना, छाँटना, अलग करना [to ~ **s.o. out as a culprit etc., for punishment etc.**]

singlet सिङ्ग्लिट *n* कमीज के नीचे का वस्त्र, फतूही

singleton सिङ्गल्टन *n* 1 अकेला बच्चा, इकलौता बच्चा, 2 कोई अकेली चीज, (*cards*) अकेला पत्ता [a ~ in diamonds]

singsong सिङ्ग्-सोँङ्ग *a* & *n* & *vi* & *t* एकसुरा; *n* एकसुरा गाना, एकसुरी तान; *vt* & *i* एक ही तान में गाना, एक ही स्वर में बोलना

singular सिङ्ग्युलर *n* & *a* 1 एकवचन; *a* एकवचन का, 2 अकेला, प्रत्येक, **all and** ~ सभी और हर एक, 3 असाधारण, अद्वितीय, अनुपम, अद्भुत, आश्चर्यजनक, विलक्षण, 4 सनकी, वहमी, अजीब, विचित्र; ~**ly** *adv* अजीब तरह से, विचित्रत:; विशेषत:

singularity सिङ्ग्यु-लैरिटि *n* 1 असाधारणता, विलक्षणता, विशिष्टता, 2 विचित्रता, अनोखापन

singularize *vt* 1 एकवचन बनाना, 2 विलक्षण बनाना, की विशेषता होना

sinister सिनिस्टर *a* 1 अशुभ, अमंगल, मनहूस [a ~ beginning], 2 (of person, his appearance) कुरूप, बदसूरत, मनहूस, 3 दुष्ट, बुरा, नीच, जघन्य [with a ~ design, purpose], 4 (ढाल की) बायीं तरफ़ का

sinistral सिनिस्ट्रल *a* 1 (of spiral shells) जिसके चक्कर बायीं ओर को गये हों, वामावर्ती, 2 (of person) बायें हाथ से काम करने वाला, खब्बा; ~**ity** सिनिस्-ट्रैलिटि *n* वामावर्तता

sink^{1} सिङ्क *vi* & *t* (sank, sunk) I (*vi*) 1 (of ship etc) धीरे-धीरे नीचे जाना, डूबना, जलमग्न होना, 2 (of sun) ढलना, डूबना, अस्त होना, 3 धँसना, धसकना [The ground, the building, is ~ing; his eyes have sunk], पिचकना [His cheeks have sunk], 4 गड़ना, धँसना [to ~ into mud]; गड़ना, बैठ जाना [the impression ~s into the mind], 5 घुसना, पैठना [the dye ~s in], 6 गिरना, एकाएक बैठ जाना [to ~ into a chair]; 7 **one's heart** ~ जी बैठ जाता है; the patient is ~ing रोगी की हालत बिगड़ती जा रही है, वह मरणासन्न है; one's voice ~s (into a whisper) आवाज धीमी या मन्द हो जाती है; 8 मूल्य घटना [the dollar is ~ing]; **to sink in s.o.'s estimation** किसी की नजरों में गिरना; 9 **to sink** *or* **swim** (भारी जोखिम उठाने को तैयार होना) चाहे सफलता मिले चाहे घोर असफलता; II *vt* 1 डुबोना [to ~ a ship], 2 दबाना, मिटाना, भुलाना [Let us ~ our differences]; to ~ one's own interests अपने हितों की परवाह न करना, परोपकारी बनना; 3 खोदना [to ~ a well], 4 व्यापार आदि में लगभग सदा के लिए (रुपया) लगाना [to ~ money in an undertaking]; 5 to ~ an estate (लापरवाही या फ़ज़ूलख़र्ची से) संपदा को लुटाना या उजाड़ना, 6 **sunken garden** (आस-पास के स्तर से) नीचा उद्यान, अधोगत उद्यान

sink^{2} *n* 1 (in kitchen) (कचरा डालने की निकासयुक्त) चिलमची, 2 गन्दे पानी का गड्ढा, हौदी, (*fig*) a ~ of iniquity दुराचार का अड्डा

sinker सिङ्कर *n* well-~ कूआँ खोदने वाला

sinking सिङ्किङ्ग *n* 1 (भूख या डर के कारण होने वाली) घबराहट, 2 ऋणशोधन, ~-**fund** धीरे-धीरे ऋण चुकाने के लिए अलग रखी गई निधि, ऋणशोधन-निधि

sinologist साइ-नोँल-जिस्ट *n* चीन-विद्या विशारद

sinologue साइन-लोँग *n* =prec.

sinology साइ-नोँल-जि *n* चीनी भाषा, इतिहास और रीति-रिवाज का ज्ञान, चीनविद्या

sinter सिन्टर *n* & *vt* & *i* चूनेदार या बालुकामय चट्टान, *vt* चूर्ण को गरम कर के पिंड बनाना, सिन्टर करना, *vi* पिंड बनना

sinuate सिन्युएट *a* (esp. *bot.*) लहरदार (किनारे वाला)

sinuosity सिन्यु-ओँसिटि *n* 1 वक्रता, टेढ़ापन, घुमाव, चक्कर, 2 (सड़क, नदी आदि का) मोड़

sinuous सिन्युअस *a* 1 चक्करदार, टेढ़ा-मेढ़ा, 2 लहरदार, ऊँचा-नीचा

sinus साइनस *n* (*pl.* -uses) 1 (*anat*, *zool*) (हड्डी या ऊतक में का) छिद्र, विवर, नाली; खोपड़ी का एक छिद्र जो नासाछिद्र से मिला हुआ है, 2 *path* नालीव्रण, नासूर

sip सिप *vt* & *i* & *n* चम्मच से या घूँट-घूँट करके पीना, चुस्की लेना; *n* छोटा घूँट, चुस्की [a ~ of brandy]

siphon साइफ़न *n* & *vi* & *t* 1 इकार की (ि) मात्रा की तरह दो जगह मुड़ी हुई नली जिसके द्वारा एक पात्र में रखा द्रव दूसरे पात्र में पहुंचाया जा सकता है, साइफ़न; 2 [*zool*, also siphuncle) नाली, नली; *vt* द्रव को साइफ़न (की रीति) से एक पात्र से दूसरे में डालना; साइफ़न से निकालना, *vi* द्रव का एक पात्र से दूसरे में जाना

siphuncle साइफ़ङ्कल *n* (see siphon *n*, 2)

sippet सिपिट *n* 1 रोटी का भिगोया हुआ टुकड़ा; 2 रोटी का सेंका या तला हुआ टुकड़ा, टोस्ट; 3 *fig* टुकड़ा

sir सर *n* & *vt* (-rr-) 1 (संबोधन के रूप में) श्रीमन्, श्रीमान्, महोदय, जनाब, हुजूर, 2 (इंगलैंड में) नाइट (knight) के नाम के पहले लगने वाली उपाधि, सर [Sir John Moore], *vt* 'सर' कह कर

संबोधित करना [Don't sir me]

sire साइअर *n* 1 *poet* पिता, पूर्वज, पुरखा, 2 (of animals) प्रजनन करने वाला नर, वि० सांड़, 3 सम्राट् आदि का संबोधन, महाराज, महाराजाधिराज, सरकार

siren साइअ-रन *n* 1 भोंपू, 2 (*Gk. myth*) एक टापू में रहने वाली स्त्रियां (या अर्धनारी-अर्धपक्षी) जिनके मधुर संगीत से आकर्षित हो कर उधर जाने वाले समुद्रयात्रियों के प्राण संकट में पड़ जाते थे, परी, 3 मधुर गायिका, परम सुन्दरी, मोहिनी, *attrib* मनोमुग्धकारी

sirloin सर्‌लॉइन *n* (बैल के) पुट्ठे का मांस

siroco सि-रॉको *n* (इटली में सर्दियों में चलने वाली) गरम बरसाती हवा

sisal(-grass), सीसल्(-ग्रास), *nn* जहाज़ के रस्से-रस्सियां बनाने में काम आने वाला रेशा, सुतली

sissy, सिसि *n* स्त्रियों-जैसा या भीरु पुरुष, जनख़ा

sister सिस्टर *n* 1 बहन, भगिनी, दीदी, **half-~** सौतेली बहन, 2 सखी, सहेली, संगिनी; सत्संगिनी, 3 (अस्पताल की) बड़ी नर्स, कोई-सी नर्स, सिस्टर; 4 **~ ship** उसी डिज़ाइन का (दूसरा) जहाज़, 5 **~ german** सगी बहन, **~ uterine** यौन भगिनी (अर्थात् एक ही माता किन्तु भिन्न पिता की सन्तान); **~-in-law** भाभी, भौजाई, भावज; जेठानी, देवरानी; ननद; साली; **~hood** *n* 1 बहन का रिश्ता, बहनापा, भगिनीत्व, 2 स्त्रीसंघ, भिक्षुणीसंघ, साध्वीसंघ; **~ly** *a & adv* बहन का, बहन-जैसा, भगिनीवत्

sistrum सिस्ट्रम *n* (प्राचीन मिस्र देश की) झांझ

sit सिट *vi & t* (sat; sitting) 1 बैठना, **to ~ tight** (*colloq*) जम कर बैठना, तनिक न हिलना-डोलना; to **~ for** a portrait चित्र खिंचवाने के लिए बैठना; to ~ **for** an examination परीक्षा में बैठना, परीक्षा देना; **to ~ at s.o.'s feet** का शिष्य बनना; **to ~ at home** घर पर बैठे रहना, बेकार या निष्क्रिय रहना, 2 (of hen) सेना [to ~ **on** eggs], 3 का सदस्य होना [to ~ **on** the committee]; (संसद् में) निर्वाचन-क्षेत्र का प्रतिनिधि होना [sits for West Delhi], 4 बैठक या अधिवेशन होना [Parliament is sitting], 5 This type of food **sits heavy on the stomach** इस तरह का खाना देर में हज़म होता है, 6 **to sit in judgement** (see judgement), 7 (*vt*) to ~ a horse well, badly घोड़े पर जम कर बैठना, जम कर न बैठ पाना, 8 बिठाना [to ~ a child on the table], 9 (with *prepp*) to ~ back (*fig*) यत्न छोड़ देना, विश्राम करना; to ~ **by** देखते रहना पर हस्तक्षेप न करना, to ~ **down** बैठ जाना, आसन ग्रहण करना; to ~ **down under an insult** चुप-चाप अपमान सह लेना; to sit **on** s.o. (*sl*) झाड़ना, फटकारना, अपमानित करना; **to ~ on** (*colloq*) कार्यवाही करने में देर करना [Govt. has been sitting on the report]; **to ~ out** कार्यवाही में भाग न लेना; to sit s.o. **out** किसी के जाने के बाद तक बैठा रहना; to sit **up** उठकर बैठना, उठ बैठना; to sit up late देर तक जागना

sit-down सिट-डाउन *a* **sit-down meal** बैठ कर किया जाने वाला भोजन; **sit-down strike** काम पर आकर काम न करना, बैठे-रहो हड़ताल, हाज़िरी-हड़ताल, उपस्थिति-हड़ताल

site साइट *n* & *vt* 1 (इमारत, नगर, शिविर आदि का) स्थल, स्थान, जगह [camping ~], 2 घटना-स्थल, मौका, 3 **on ~** जगह पर, मौके पर, *vt* स्थान निर्धारित करना; स्थापित करना [We shall ~ the new school in this area]

sitology साइटॉल-जि *n*=dietetics; **sitophobia** भोजन में अरुचि, आहारभीति

sitter सिटर *n* 1 बैठा हुआ व्यक्ति या यात्री, 2 चित्र खिंचवाने के लिए बैठा हुआ व्यक्ति, 3 अंडे सेने वाली मुर्गी [good, bad, ~]

sitting सिटिङ्ग *n* & *a* 1 बैठक [all-night ~ of Parliament]; **~-room** (*i*) बैठक (-ख़ाना); (ii) बैठने की जगह, 2 बार, दफ़ा [wrote two chapters at a ~], 3 एक बार में दिये गये अंडों का ढेर, झोल; *a.* sitting member, **tenant,** etc वर्तमान सदस्य, किरायेदार आदि

situate सिच्युएट *vt* निश्चित स्थान या स्थिति में रखना, स्थापित करना

situated सिच्युएटिड *a* 1 स्थित [pleasantly ~ house], 2 (of person) स्थिति में [awkwardly ~]

situation सिच्यु-एशन *n* 1 (इमारत आदि का) स्थल, स्थान, मौका, 2 स्थिति, परिस्थिति, 3 नौकरी, जगह [**~s vacant** , **~s wanted**]

sitz-bath सिट्स्-बाथ *n* कमर तक जल में बैठ कर स्नान करने का पात्र या टब, कटि-स्नान

six सिक्स *a & n* छः, **it is six of one and half-a-dozen of the other** दोनों एक-जैसे हैं, दोनों में कोई अन्तर नहीं है; **~-footer** छः फुट लंबा व्यक्ति या वस्तु, छः फुटा **~-shooter** (see shooter); *n* 1 छः की संख्या या अंक, 2 (cards) छक्का, 3 **to be at sixes and sevens** गड़बड़ या अस्त-व्यस्त या अव्यवस्थित होना, **~fold** *a & adv* छः गुना, षड्गुण

sixer सिक्सर *n* (*crick*) हिट जिससे छः रन बनें, छक्का

sixteen सिक्स्टीन *a & n* सोलह, षोडश; **~th** *a & n* सोलहवां, षोडश; *n* सोलहवां भाग

sixth सिक्स्थ *a & n* छठा, षष्ठ, **sixth sense** पांचों इन्द्रियों से उपलब्ध ज्ञान के अतिरिक्त कुछ जानने की शक्ति, षष्ठेन्द्रिय, अन्तर्दृष्टि, अन्तर्ज्ञान, *n* 1 छठा भाग, 2 छठी कक्षा

sixtieth सिक्स्टिअथ *a* & *n* साठवां, षष्टितम; *n* साठवां भाग

sixty सिक्स्टि *a* & *n* साठ, षष्टि, **sixty-four (thousand) dollar question** कठिन और महत्त्वपूर्ण प्रश्न; *n* साठ (की संख्या); **the sixties** (शताब्दी के या व्यक्ति की आयु के) 60 से लेकर 69 तक के वर्ष

sizable साइज़-बल *a* काफ़ी बड़ा, बहुत बड़ा (also **sizeable**)

size^{1} साइज *n* **1** लंबाई-चौड़ाई, मोटाई, आकार, परिमाण, आयाम; is the ~ of an egg etc. अंडे के बराबर (आकार का) है, **2 to cut down to ~** (*fig*) (महत्त्वपूर्ण लगने वाली बात का कम किन्तु) वास्तविक महत्त्व बताना; **3** माप, नाप, to take the ~ of sth मापना, नापना, चीज़ की नाप लेना, **4** (of person, horse) कद, डील-डौल, **5** (जुराब, बनियान, जूते आदि का) नम्बर [I take ~ seven]; **6** (बन्दूक की) मोहरी

size^{2} *vt* **1** आकार के अनुसार छाँटना या छाँट कर रखना, **2 to ~ up** आकार का अन्दाज़ा लगाना, **to ~ s.o. up** (*colloq*) किसी की योग्यता आदि का अन्दाज़ा लगाना, किसी की थाह लेना

size^{3} *n* & *vt* (काग़ज़ को चिकना बनाने और कपड़े को अकड़ाने में काम आने वाला) सरेस, मांड़; *vt* सरेस लगाना, मांड़ देना, चिक्कण करना; **sizy** साइज़ि *a* सरेस-जैसा, चिपचिपा, सरेस-युक्त

sizzle सिज़ल *n* & *vi* तलने के समय होने वाली चट-चट ध्वनि, *vi* चटचटाना; **sizzling hot** बेहद गरम, बेहद गर्मी का [a sizzling hot day]

skate^{1} स्केट *n* एक प्रकार की मछली, स्केट

skate^{2} *n* & *vi* & *t* **1** बर्फ़ या चिकने फ़र्श पर फिसलने के लिए जूते के नीचे लगाने की पहियेदार पट्टी, स्केट; *vi* & *t* **2** स्केट लगा कर फिसलना, स्केटिंग करना; **to ~ on thin ice** नाज़ुक मामले में निपटना; **skating-rink** स्केटिंग-हाल; **~r** स्केटर *n* स्केटिंग करने वाला

skedaddle स्कि-डैडल *vi* & *n* भाग खड़े होना; *n* भगदड़

skein स्केन *n* **1** (सूत का) लच्छा, लच्छी, अंटी, **2** उड़ते हुए हंसों आदि का झुंड, **3** *fig* **(tangled) skein** उलझन, गुत्थी; गड़बड़ी, अव्यवस्था

skeletal स्कॅलिटल *a* (f. foll) **1** ढांचे का, ढांचे-जैसा, ढांचा-मात्र, कंकाल-मात्र, **2** सार-मात्र, संक्षिप्त

skeleton स्कॅलिटन *n* **1** शरीर की हड्डियों का ढांचा, अस्थिपंजर, पंजर, कंकाल, ठठरी; **the ~ in the cupboard** परिवार का लज्जाजनक रहस्य; **the ~ at the feast** मज़ा किरकिरा करने वाली बात, रंग में भंग करने वाला व्यक्ति; **2** (किसी चीज़ का) ढांचा, ठठरी, **3** (काम चलाने के लिए) न्यूनतम आवश्यक अंश [a ~ crew, service, staff, etc], **4** (लेख आदि का) ख़ाका, रूपरेखा, सार, संक्षेप, **5** दुबला-पतला आदमी, हड्डियों का ढांचा; **6 ~ key** बहुत से तालों में लगने वाली कुंजी, चोर-कुंजी, महाकुंजी; **~ize** *vt* **1** ढांचा-मात्र रहने देना, **2** सारमात्र रहने देना, संक्षिप्त करना

skep स्कॅप, **skip** स्किप *nn* **1** टोकरी, **2** (घास-फूस या तीलियों का बना) शहद का छत्ता

skepsis स्कॅप्सिस =scepsis

skeptic स्कॅप्टिक =sceptic

sketch^{1} स्कॅच *n* **1** रेखाचित्र, ख़ाका, कच्चा नक्शा, **2** कच्चा मसौदा, प्रारूप, रूपरेखा, ख़ाका; **3** शब्दचित्र, संक्षिप्त वर्णन [character-~], **4** लघु नाटिका, संक्षिप्त वर्णनात्मक वार्ता, झलकी, **5** एक ही गत की संगीत-रचना, **6** *comb*: **~-book** रेखाचित्र बनाने की कापी; **~-map** रेखा-नक्शा, ख़ाका

sketch^{2} *vt* & *i* **1** संक्षिप्त वर्णन करना, ख़ाका उतारना, मोटी-मोटी बातें बताना [to ~ **out** a plan for a new colony], **2** *vi* (वि० देहाती दृश्यों के) रेखाचित्र बनाना [went out ~ing]

sketchy स्कॅचि *a* **1** कई रोचक एवं आवश्यक तत्वों से रहित, अति संक्षिप्त, मुंडा, अधूरा, धुंधला [~ description], **2** ~ knowledge धुंधला और अपूर्ण ज्ञान

skew स्क्यू *a* & *n* **1** तिरछा, टेढ़ा; **~ bridge** तिरछा पुल, **~back** तिरछी डाट, **~bald** *a* & *n* (esp. of horse) सफ़ेद और गेरुए (न कि काले) धब्बों वाला (cf. piebald); **~-eyed** *a* भेंगा, **2** *math* विषम, *n* पुश्ते की ढालू सतह

skewer स्क्यूअर *n* & *vt* (मांस भूनने की) सीख़, कबाब की सीख़, *vt* (मुर्ग़ आदि को) सीख़ में पिरोना

ski स्की *n* & *vi* (ski'd *or* skied, skiing) बर्फ़ पर चलने के लिए पाँव के नीचे बांधने की आठ फुट लंबी और चार इंच चौड़ी पट्टी, स्की; **~-run** स्कीइंग के लिए उपयुक्त ढाल; *vi* स्की-इंग करना

skiagraphy स्काइ-ऐग्रफ़ि=sciagraphy

skid स्किड *n* & *vt* & *i* (-dd-) **1** पहिये को घूमने से रोकने का उपकरण; रोक, कुत्ता, गुटका, ब्रेक, **2** (पहिये का) फिसलना, **3** ढालू तख़्ता, **to put the skids under s.o.** किसी से जल्दी कराना, वि० किसी को विनाश की ओर धकेलना, *vt* रोक या गुटका लगाना, *vi* (of wheel or vehicle) फिसलना, फिसल कर आगे या पीछे या दायें-बायें हो जाना [The car skidded across the road].

skier स्कीअर *n* स्कीइंग करने वाला (see ski)

skiff स्किफ़ *n* हल्की या छोटी नाव, डोंगी

skilful स्किल्फ़ल *a* **1** कुशल, निपुण, प्रवीण, दक्ष [~ at, in], **2** निपुणता का, कारीगरी का, सफ़ाई का, कौशलपूर्ण

skill स्किल *n* **1** कुशलता, कौशल, निपुणता, दक्षता, चतुराई [~ in doing sth], (हाथ की) सफ़ाई, कारीगरी; **2** शिल्प, कला(-कौशल), दस्तकारी, हुनर

skilled स्किल्ड *n* कुशल, निपुण, प्रवीण, दक्ष,

काम सीखा हुआ, प्रशिक्षित [~ in an art], ~ labour कुशल श्रमिक, ~ workman कुशल कारीगर

skilly स्किलि *n* पतला शोरबा, जई का पतला दलिया

skim स्किम् *vt* & *i* (-mm-) & *a* 1 मलाई उतारना, (द्रव पर से) झाग उतारना, मैल उतारना, काछना; **to ~ the cream off sth** (*fig*) किसी चीज़ का बढ़िया अंश ले लेना; 2 *vt* & *i* (सतह को) तनिक छूते हुए निकल जाना, The birds were skimming (over) the water, along the ground; *vi* हवा में तैरना, 3 *vt* & *i* सरसरी नज़र से देखना या पढ़ना [to **~ over, through,** a novel], मोटी-मोटी बातें नोट कर लेना; *adj* **skim milk** मलाई-उतरा दूध, मखनिया दूध (also **skimmed milk**)

skimmer स्किमर *n* 1 (झाग उतारने की) कलछी, पौनी, 2 द्रुतगामी हल्की मोटर-बोट; 3 जलपक्षी-विशेष

skimp स्किम्प *vt* & *i* 1 किसी को नपा-तुला (भोजन आदि) देना, बड़े हिसाब से देना [to ~ s.o. in food]; कंजूसी से (भोजन, सामान, धन आदि) देना; 2 to ~ the material in making a garment वस्त्र सीने में कम कपड़ा लगाना, 3 *vi* कंजूसी करना, मितव्ययी होना

skimpiness स्किम्पिनिस *n* कमी, अपर्याप्तता (see foll)

skimpy स्किम्पि *a* 1 थोड़ा, अपर्याप्त [~ meal], 2 कंजूस, 3 मुश्किल से पूरा, तंग [~ shirt, coat]

skin^{1} स्किन *n* 1 त्वचा, त्वक्; (also of animal) चर्म, चमड़ा, खाल; **to jump out of one's skin** अत्यन्त चकित या उल्लसित होना, आश्चर्य या खुशी से उछल पड़ना; **to save one's ~**, हानि या चोट से बचना, अपनी जान बचाना; **to escape by** (*or* **with**) **the ~ of one's teeth** बाल-बाल बचना; He is only **~ and bone** वह बहुत दुबला-पतला है; to have a **thick ~** आलोचना या अपमान का असर न होना, मोटी खाल का होना; to have a **thin ~** आलोचना या अपमान से तिलमिला उठना; **wet to the ~** जिसके सब कपड़े भीग गये हों, तर-बतर, 2 (of plant, fruit) छिलका [orange, banana, potato, ~], 3 (गुलमे की) झिल्ली, 4 (पानी या शराब के लिए) चमड़े का थैला, मशक, 5 (जहाज के पहलू पर अन्दर या बाहर की तरफ़ लगी) धातु की चादर, 6 *comb*: **~-deep** ऊपरी, ऊपर ही ऊपर का, सतही, (of wound) हलका; ~-disease चर्म-रोग, ~-grafting शरीर के एक भाग से त्वचा काट कर दूसरी जगह लगाना, त्वचा-आरोपण; **~-tight** (of garment) चुस्त

skin^{2} *vt* & *i* (-nn-) 1 चमड़ा या खाल उतारना, 2 छिलका उतारना, 3 **to keep one's eyes skinned** (*sl*) चौकन्ना या सतर्क या सावधान रहना, स्थिति पर निगाह रखना; ख़्याल रखना कि क्या होता है, 4 *vi* (of wound etc) अंगूर आना, घाव भरना [to ~ over], **5 to ~ a flint** कंजूसी करना; **skinflint** *n* कंजूस, मक्खीचूस; **skinner** *n* चमड़ा-विक्रेता

skinny स्किनि *a* 1 (of person) दुबला-पतला, 2 झिल्लीदार

skink स्किङ्क *n* छोटी छिपकली, मरुगोधिका

skip^{1} स्किप *vi* & *t* (-pp-) & *n* 1 उछलना, कुदकना, उछल-कूद करना, छलांग मारना, फुदकना, कूदना, 2 रस्सी कूदना या फाँदना, 3 **to ~ from** one subject etc to another एक विषय छोड़ कर दूसरे पर चला जाना, एक काम छोड़कर दूसरा करने लगना, 4 *vt* & *i* बीच-बीच में छोड़ देना, छोड़ जाना [~ped a whole passage; ~s as he reads], 5 **skipping-rope** (बच्चों की) कूदने की रस्सी; **skip** *n* उछाल, छलांग

skip^{2} = skep

skip^{3} *n* (सामान या आदमियों को खान में उतारने का) डोल

skipper स्किपर *n* & *vt* 1 (जहाज़ या विमान का) कप्तान, 2 *sport* टीम का कप्तान, *vt* कप्तान बनना या होना

skirl स्कर्ल *n* & *vi* (मशक बाजे की-सी) तीक्ष्ण आवाज़ (निकालना)

skirmish स्कर्मिश *n* & *vi* 1 छोटे-छोटे सैनिक दलों की आकस्मिक लड़ाई, अनियमित लड़ाई, मुठ-भेड़, भिड़न्त, 2 कहा-सुनी, तकरार, झड़प, नोक-झोंक, *vi* (दो दलों में) मुठभेड़ होना; **~er** *n* मुठ-भेड़ करने वाला

skirt स्कर्ट *n* & *vt* 1 घुटनों तक के लहँगे-जैसा यूरोपियन पहनावा, स्कर्ट, 2 कोट या कुर्ते आदि का भाग जो कमर से नीचे लटकता है; 3 सिरा, किनारा, छोर, 4 in *pl* सीमा, सीमान्त, सीमाप्रदेश, **on the skirts of Delhi** दिल्ली की सीमा पर (अर्थात् सीमा के तनिक अन्दर या तनिक बाहर); *vt* & *i* की सीमा या किनारे पर स्थित होना, के साथ-साथ या किनारे-किनारे जाना या चलना [The path ~s **(along, round)** the lake; he **~ed along** the wall]

skit स्किट *n* 1 व्यंग्य, ताना, उपहास, कटाक्ष, 2 प्रहसन, भड़ोआ, 3 व्यंग्यकृति, व्यंग्यरूपक (usu a ~ upon sth, s.o.)

skitter स्किटर *vi* 1 (of wild fowl) पानी में छपछपाते हुए उड़ना या बैठना, 2 इधर-उधर दौड़ना

skittish स्किटिश *a* 1 (of horse) भड़कने या बिदकने वाला, भड़कैल, 2 (of woman) चंचल, चुलबुली; चोचलेबाज़, नख़रेबाज़

skittle स्किटल *n* & *vt* 1 (in *pl*) **~s** नौ डंडे गाड़ कर गेंद से खेला जाने वाला खेल; **2 Life is not all beer and ~s** जीवन केवल आमोद-

प्रमोद ही नहीं है

skive स्काइव *vt* & *i* **1** (खाल को) छील कर साफ़ करना; **2** तहों को अलग-अलग करना, चीरना, **3** (रत्न की सतह को) घिसना; **4** *sl* काम से जी चुराना [to ~ (a duty)]

skiver स्काइवर *n* **1** काम से जी चुराने वाला; **2** चमड़े को छीलने का छुरा; (चमड़े को छीलने अथवा चीरने से प्राप्त) पतला चमड़ा

skivvy स्किवि *n* (U.S.) पूरी बाहों का पतला स्वेटर आदि; स्किवी, *derog* दासी, लौंडिया

skua स्क्यूअ *n* मुर्ग़ाबी की एक किस्म; great s~ सबसे बड़ी किस्म की मुर्ग़ाबी

skulk^1 स्कल्क *vi* **1** (डर से या बुरे इरादे से) लुकना-छिपना, दबकना; लुक-छिप कर इधर-उधर घूमना, **2** काम से जी चुराना; **3** आंख चुराना; **~er** *n* कामचोर

skulk^2 *n*=skulker

skull स्कल *n* **1** खोपड़ी, कपाल; **skull and cross-bones** दो आड़ी-तिरछी जंघास्थियों पर रखी खोपड़ी का चित्र (जो कि मृत्यु, जेल आदि का प्रतीक है), **2 to have a thick ~** मन्दबुद्धि या मूर्ख होना, **3 ~-cap** तंग टोपी

skunk स्कङ्क *n* **1** अमरीका का एक दुर्गन्धयुक्त मांसभक्षी पशु, स्कंक; **2** इसका समूर, **3** नीच या कमीना आदमी

sky स्काइ *n* **1** आकाश, आसमान, गगन, नभ, नभोमण्डल; **The ~ is the limit** कोई सीमा या हद नहीं है; **to laud, praise, s.o. to the skies** बेहद प्रशंसा करना, आसमान पर चढ़ाना; **under the open ~** कमरे के बाहर, खुले में; **2** वातावरण, जल-वायु, आबोहवा, **3** *comb*: **sky-blue** *a* & *n* आसमानी (रंग), **~-high** *a* & *adv* बहुत ऊँचा; **skylight** (छत में बना) रोशनदान; झरोखा; **skyline** पहाड़ की चोटियों या नगर की ऊंची-ऊंची इमारतों की आकाश पर दिखने वाली रेखा, आकाश-रेखा; **~-rocket** *n* हवाई; *vi* (of prices etc) बड़ी तेज़ी से चढ़ना; **~-scraper** गगनचुम्बी भवन, बहुत ऊंची इमारत; **~-writing** विज्ञापन के लिए विमान द्वारा धुएं से आकाश पर अक्षर बनाना, आकाश-लेख, आकाश-विज्ञापन

skyer स्काइअर *n* (*crick*) बहुत ऊंची हिट

skylark स्काइलार्क *n* चक्कर काटते हुए ऊंचा उड़ने वाला गायक पक्षी, स्काईलार्क

slab स्लैब *n* **1** (of stone) पत्थर का आयताकार समतल टुकड़ा, सिल, सिल्ली (also of ice), शिला, शिलापट्टी, पटिया, **2** स्तर, खण्ड [~s of income]

slack^1 स्लैक *a* & *n* **1** जो कसा हुआ न हो, ढीला [~ rope, rein], **2** (of person) ढीला, सुस्त, आलसी [to be ~ **in doing** sth], लापरवाह, **3** मन्दा [~ market]; ~ trade व्यापार की मन्दी, मन्दी; ~ season मन्दी के दिन; ~ hours हल्के काम का समय, लगभग ख़ाली समय, तनिक आराम का समय, **4 ~ lime** (=slaked lime) बुझा हुआ चूना, *n* **1** रस्सी का ढीला या लटकता हुआ भाग [to haul in the ~], **2** व्यापार की मन्दी (का समय), **3** (in *pl*) **slacks** (नाविकों, खिलाड़ियों आदि की) ढीली पतलून

slack^2 *vt* & *i* **1** ढीला करना [to ~ the rope], **2** (चूना) बुझाना, **3** (*vi*) ढीला हो जाना, (of lime) बुझना, **4** *colloq* ख़ाली बैठे रहना, आराम करना, सुस्ताना, **5** to ~ **off** ढीला पड़ जाना, प्रयत्न कम कर देना, सुस्ती करना

slacken स्लैकन *vt* & *i* **1** कम करना, मन्द करना [to ~ one's efforts, pace], **2** ढीला करना या छोड़ना [to ~ the reins], **3** *vi* (of person) ढीला या सुस्त पड़ जाना, लापरवाह हो जाना [to ~ (off, up)]; (of effort, zeal, pace) कम या मन्द या धीमा हो जाना

slacker स्लैकर *n* सुस्त या आलसी या काहिल आदमी

slag स्लैग *n* & *vi* **1** कच्ची धातु को शुद्ध करने से निकली मैल, धातु-मल, **2** कांच-मल, **3** जमे हुए-लावे के ढेले, खंगर; **4 ~-heap** धातु-मल या खंगरों का ढेर; *vi* खंगर बनना

slake स्लेक *vt* **1** शान्त करना, शमन करना, (प्यास) बुझाना [**to ~ one's thirst**], *fig* (प्रतिशोध की भावना) शान्त करना, **2** (चूना) बुझाना

slam^1 स्लैम *vt* & *i* (-mm-) & *n* **1** ज़ोर से (किवाड़) बन्द करना, **2** (*vi*) धम से बन्द होना, **3** (*vt*) धड़ाम से नीचे रखना, पटक देना [to ~ sth down]; *n* धम, धड़ाम

slam^2 *n* **1** (cards) ब्रिज की हर चाल में जीत; **2** (tennis, golf etc) हर बाज़ी में जीत

slander स्लान्डर *n* & *vt* **1** (झूठी बात कह कर) कलङ्क (लगाना), तोहमत (लगाना), अपमान वचन (कहना); **2** *law* मानहानि (करना), हतक-इज़्ज़त (करना); **~er** *n* **1** तोहमत लगाने वाला, **2** मान-हानि करने वाला, निन्दक

slanderous स्लान्डरस *a* निन्दात्मक, अपमानात्मक, तोहमत-भरा

slang स्लैङ्ग *n* & *vi* & *t* **1** आम बोल-चाल में प्रयुक्त होने वाले शब्द या मुहावरे जिन्हें टकसाली नहीं माना जाता, ग्राम्य शब्द, **2** वर्ग-विशेष या व्यवसाय-विशेष (द्वारा विशेष अर्थों में) प्रयुक्त शब्द, वर्ग-बोली, ख़ास बोली [racing, thieves', ~], *vi* & *t* गाली देना; झिड़कना; **~y** *a* **1** ग्राम्य, गंवारू, **2** ग्राम्य शब्द प्रयुक्त करने वाला

slant^1 स्लान्ट *vi* & *t* **1** ढालू होना, तिरछा होना, एक ओर को झुकना, **2** *vt* ढालू करना, तिरछा करना, **3** (समाचारों को) अपने दृष्टिकोण से प्रस्तुत करना, (समाचारों पर) रंग चढ़ाना [to ~ the news]

slant^2 *n* & *a* **1** ढाल, ढलान, **2** तिरछी स्थिति;

on the *or* **on a** ~ तिरछा, 3 दृष्टिकोण; झुकाव, मोड़, तरफ़दारी; *a* (chiefly *poet*) ढालू, ढालवां, तिरछा; ~**wise** *adv* तिरछे

slap स्लैप *n* & *vt*, (-pp-) *adv* चपत, थप्पड़, तमाचा, चाँटा; **a slap in the face** (*fig*) घोर अपमान, दुतकार, फटकार, *vt* 1 चपत या थप्पड़ या तमाचा या चाँटा मारना या लगाना, 2 **to** ~ **(down)** (*colloq*) फटकारना; 3 **to** ~ **sth down** धम से या लापरवाही से रख देना [He ~ped the book down on the table], (*adv*) एकाएक, चटपट, तड़ाके से, अच्छी तरह [He hit me ~ in the eye]

slapdash स्लैप्डश *a* & *adv* 1 लापरवाह, बे-सोचे-समझे काम करने वाला, जल्दबाज़ [a ~ worker], 2 लापरवाही का, बे सोचा-समझा [did the work in a ~ manner]; *adv* लापरवाही से [to do sth ~]

slash स्लैश *vi* & *t* & *n* 1 तलवार या चाकू से लापरवाही से चीरना या काटना, गहरा घाव करना, 2 (घोड़े को) चाबुक मारना, (आदमी को) कोड़े लगाना, 3 (ग्रन्थ की) कटु आलोचना करना, 4 (कीमतों आदि में) भारी कमी करना, 5 (लेख में) भारी काट-छाँट करना, 6 (वस्त्र में) लंबी चीर बनाना [~ed sleeve], *n* काट; गहरा घाव; चीर

slashing स्लैशिङ्ग (*adj*) ~ **criticism** कटु या तीव्र आलोचना

slat स्लैट *n* (झिलमिली आदि बनाने की) पतली पट्टी

slate¹ स्लेट *n* & *a* & *vt* 1 स्लेट का (परतदार) पत्थर, 2 छत पर जड़ने की स्लेट, 3 लिखने की स्लेट, **to clean the** ~ (*fig*) बीती बातें भुला देना; देनदारी या ज़िम्मेदारी से छुटकारा पाना; **to wipe the** ~ **clean** पुराने अपराध क्षमा कर देना; **to start with a clean** ~ (पुरानी शत्रुता, ग़लतियों आदि का भुला कर) नया जीवन शुरू करना, नये सिरे से काम शुरू करना, 4 (U.S.) मनोनीत व्यक्तियों की सूची; *a* स्लेटी (रंग का); *vt* 1 (छत पर) स्लेट जड़ना, 2 (पद के लिए) नामज़द करना, 3 (खेल आदि) को कार्यक्रम में शामिल करना, का समय नियत करना [The match has been ~d for the 2nd of May]

slate² *vt* (*colloq*) 1 (लेख की) कटु आलोचना करना, धज्जियां उड़ाना, 2 झिड़कना

slater *n* (छत आदि पर) स्लेट जड़ने वाला

slattern स्लैटर्न *n* मैली-कुचैली स्त्री; फूहड़ या बेशऊर औरत; ~**ly** *a* (of woman) मैली-कुचैली, फूहड़, बेशऊर

slaty स्लेटि *a* (f. slate¹) 1 स्लेटी (रंग का), 2 स्लेट का बना हुआ; स्लेट-जैसा; परतदार

slaughter स्लॉटर *n* & *vt* 1 बहुत लोगों की हत्या, कत्ले-आम, जनसंहार, हत्याकांड, 2 ~-**house** बूचड़ख़ाना, कसाईख़ाना, वधशाला, स्थान जहां बहुत मार-काट हुई हो, *vt* 1 (पशु का) वध करना, (लोगों की) निर्दयता से हत्या करना; 2 *colloq* बुरी तरह हराना; ~**er** *n* 1 वधिक, 2 हत्यारा

Slav स्लाव *n* & *a* 1 मध्य और पूर्वी यूरोप में फैली हुई जाति जिसके अन्तर्गत रूसी, बल्गारियन, पोलिश, बोहीमियन (Bohemian) आदि हैं, 2 स्लाव (जाति की) भाषा; *a* स्लाव जाति या भाषा का

slave¹ स्लेव *n* 1 दूसरे के हाथ बिका हुआ व्यक्ति, (क्रीत) दास, गुलाम, 2 वशीभूत या वशवर्ती व्यक्ति [**to be the** ~ **of, a** ~ **to,** a passion]; अनुचर, गुलाम [The ~s of fashion]; **a slave to duty** जिसे कर्तव्य के सिवा कुछ न सूझे, अति कर्तव्यनिष्ठ; 3 *comb*: ~-**born** गुलाम माता-पिता की सन्तान, ~-**driver** गुलामों के काम की निगरानी करने वाला व्यक्ति; *fig* खूब काम लेने वाला मालिक, खून पीने वाला मालिक; ~-**drive** *vt* खूब काम लेना; ~-**trade** दासव्यापार, बरदाफ़रोशी

slave² *vi* हर समय काम में जुता रहना, पिसना [**to** ~ (away) **at, over,** sth]

slaver¹ स्लेवर *n* दासव्यापारी; दासव्यापार में लगा जहाज़

slaver² स्लैवर *vi* & *n* लार टपकाना, *n* 1 लार; 2 *fig* बेहद चापलूसी

slavery स्लेवरि *n* 1 दासता, गुलामी, पराधीनता, 2 दास-प्रथा, 3 अरुचिकर और कठोर काम

Slavic स्लाविक *a* & *n* (see Slav) स्लाव जाति का; *n* स्लाव भाषा

slavish स्लेविश *a* 1 गुलाम-जैसा, दासोचित, दासवत्; ~ mentality दासता की मनोवृत्ति; ~ imitation विवेकरहित अनुकरण, अन्धानुकरण, 2 नीच, ओछा, कमीना; नीचतापूर्ण; ~**ly** *adv* गुलामों की तरह, लकीर के फ़क़ीर बनकर

Slavonic स्ल-वॉनिक *a* & *n* =Slavic; ~ **languages** रूसी, पोलिश आदि भारोपीय भाषाएं

slay स्ले *vt* (slew, slain) वध या हत्या या कत्ल करना

sleazy स्लीज़ि *a* 1 (of textiles) झीना, 2 *colloq* मामूली, घटिया, गन्दा [a ~ dharmashala]

sledge¹ स्लेंज *n* & *vi* & *t* बर्फ़ पर चलने वाली बिना पहिये की गाड़ी, बर्फ़गाड़ी, स्लेज, *vi* बर्फ़ गाड़ी से यात्रा करना, *vt* बर्फ़ गाड़ी में ले जाना या ढोना

sledge² *n* ~**(-hammer)** (लोहार का) बड़ा हथौड़ा, ~-**hammer** *attrib* ज़बरदस्त, भारी; ~-hammer blow हथौड़े की चोट; ~-hammer argument ज़बरदस्त दलील

sleek स्लीक *a* & *vt* 1 मुलायम और चमकीला [~ hair, skin, fur], 2 (of person) चमकीले बालों वाला, बना-ठना, 3 खाता-पीता, मोटा-ताज़ा, हृष्ट-पुष्ट; 4 (of manner) मधुर, चापलूसी का,

(of person) मधुरभाषी, चिकनी-चुपड़ी बातें करने वाला, चाटुकार

sleep^{1} स्लीप *n* **1** निद्रा, नींद, सुप्तावस्था, सुप्ति; **to go to ~** सो जाना; (of limb) सुन्न हो जाना, **to put s.o. to ~** सुला देना; (दवा से) बेहोश करना; broken ~ बीच-बीच में टूटने वाली नींद; **2** *fig* आराम, शान्ति, लापरवाही, मृत्यु, **3** *comb*: **~-walker** नींद में चलने वाला; निद्राचर; **~-walking** स्वापभ्रमण, निद्राभ्रमण

sleep^{2} *vi & t* (slept) **1** सोना; **to ~ on, upon, over,** a question मामले को अगले दिन तक या कुछ समय के लिए स्थगित कर देना, फ़िलहाल टाल देना, **2** कब्र में पड़ा होना, **3** *vt* to ~ away the time सो कर समय बिताना, **4** to ~ out (*vi*) घर से बाहर सोना

sleeper स्लीपर *n* **1** सोने वाला, **light ~** जिसकी नींद कच्ची हो, **heavy ~** जिसकी नींद गहरी हो, **2** रेल की पटरी के नीचे की पटिया, सिलीपट, **3** =sleeping car(riage) (see foll)

sleeping स्लीपिङ्ग *a* **1** सोया हुआ; **Let ~ dogs lie** (see dog, 8); **~ partner** (see partner), **2 ~-car(riage)** सोने का डिब्बा, शयन-यान; **~ accommodation** सोने की जगह; **~ berth** शायिका; **~-draught** नींद लाने की दवा का घूंट, **~-pill** नींद की गोली; **~ sickness** (वि॰अफ़्रीका में पाया जाने वाला) घातक निद्रारोग, निद्रालुता-रोग

sleepiness स्लीपिनिस *n* **1** निद्रालुता;. **2** आलस्य, सुस्ती

sleepless स्लीप्लिस *a* **1** जिसे नींद न आये, उन्निद्र, **2** निद्रारहित [I spent a ~ night], **3** सतत जागरूक [~ mind]; **~ness** *n* नींद न आना, अनिद्रा

sleepy स्लीपि *a* **1** जिसे नींद आ रही हो, ऊंघता हुआ, निद्रालु, तन्द्रालु, उनींदा, **2** आलसी, सुस्त, **3** जहां चहल-पहल या शोर-गुल न हो [a ~ little town], **4** (of fruit, esp pear) गला सड़ा और बेस्वाद, **5 ~head** *n* ऊंघता हुआ या उनींदा व्यक्ति; ध्यान न देने वाला व्यक्ति

sleet स्लीट *n & vi* (*impers*) वर्षासहित बर्फ़ या ओलों का गिरना, वर्षासहित हिमपात, सहिम वृष्टि; *vi* **It ~s; It is ~ing** वर्षासहित हिमपात हो रहा है

sleeve स्लीव *n* **1** (कुर्ते आदि की) बांह, आस्तीन; **to laugh in** *or* **up one's ~** मुंह फेर कर हंसना, दिल ही दिल में हंसना; to have a plan **up one's ~** (समय पर बरतने के लिए) युक्ति तैयार रखना; **to roll up one's ~s** (काम करने या लड़ने के लिए) आस्तीन चढ़ाना, कमर कसना, **2** *mech* नली (जिसके भीतर सलाख़ या दूसरी नली हो); **~less** *a* **1** बे-आस्तीन; **2** बेकार, बेफ़ायदा [~less errand]

sleigh स्ले *n* =sledge; बर्फ़-गाड़ी

sleight स्लाइट *n* **~-of-hand** हाथ की सफ़ाई, करतब, मदारी का खेल, जादूगरी

slender स्लेन्डर *a* **1** कम घेरे या चौड़ाई का, पतला [~ waist, pillar], **2** छरहरा, नाज़ुक [~ figure, girl], **3** (of voice) महीन, बारीक, क्षीण, **4** थोड़ा, कम, अपर्याप्त, मामूली [~ hope, income, means]

sleuth (-hound) स्लूथ-हाउंड *n* **1** तेज घ्राण-शक्ति वाला खोजी कुत्ता; **2** the sleuths (U.S.) पुलिस के जासूस

slew,^{1} **slue** स्लू *vt & i* **1** to ~ round ज़ोर लगा कर घुमाना या फिराना; **2** *vi* ज़ोर से घूम या फिर जाना

slew^{2} (see slay)

slice स्लाइस *n & vt & i* **1** (किसी चीज़ से काटा हुआ) पतला चपटा टुकड़ा, कतला [~ of meat, bread, etc]; (of fruit) फांक; **2** खंड, भाग; हिस्सा [a ~ of territory, of the profits]; **~ of life** प्रतिदिन के जीवन या अनुभव का यथार्थ चित्रण; जीवन की झांकी, *vt* काटना, तराशना; टुकड़े करना; फांकें करना [~d bread], **3** to **~ off** काट कर अलग करना

slick स्लिक *a & adv, n & vt* (*colloq*) **1** चतुर, दक्ष, होशियार, फुर्तीला [a ~ salesman], **2** सफ़ाई से किया हुआ; सुव्यवस्थित; *adv* **1** होशियारी से, सफ़ाई से [to cut ~ through sth]; **2** ठीक-ठीक; ऐन, *n* सड़क का स्थल जहां (तेल आदि गिरने से) फिसलन हो; जिस चीज़ के कारण फिसलन हो [an oil ~], समुद्र पर तेल वाला स्थल; *vt* मुलायम और चमकीला बनाना

slide^{1} स्लाइड *vi & t* (slid), **1** फिसलना, सरकना, खिसकना [to ~ on ice]; to ~ **into** sin धीरे-धीरे या बिना जाने-बूझे पाप में प्रवृत्त हो जाना, **2** अपने आप होते रहना, **to let things ~** जो होता है होने देना, बे-परवाह रहना, **3** *vt* सरकाना, खिसकाना; चुपके से डाल देना [to ~ sth into s.o.'s hand]

slide^{2} *n* **1** (बर्फ़-गाड़ी के सरकने के लिए या चीज़ों को सरकाकर नीचे पहुंचाने के लिए बनी) ढाल, ढलान, **2** सरकना, खिसकना, सरकन, **3** इधर-उधर सरकने वाला पुर्ज़ा, स्लाइड, **4** (जादू की लालटेन की या अणुवीक्षण यन्त्र से देखने की) कांचपट्टिका, स्लाइड

sliding स्लाइडिङ्ग *a* **1** सरकवां [~ door], **2 ~ scale** (स्थिति के अनुसार) घटने-बढ़ने वाली दर, विसर्पी दर

slight^{1} स्लाइट *a* **1** दुबला-पतला, कमज़ोर, हल्का-फुल्का, नाज़ुक [~ figure], **2** थोड़ा-सा, कुछ-कुछ, किंचित्, तनिक [a ~ pain, improvement]; Not the ~est danger तनिक भी ख़तरा नहीं, **not in the slightest** तनिक भी नहीं

[You didn't embarrass me in the slightest]

slight^2 *vt* & *n* 1 अनादर करना, अपमान करना, अशिष्टता का बर्ताव करना, परवाह न करना, बात न पूछना [to ~ s.o.], 2 महत्त्व न देना, तुच्छ समझना, उपेक्षा करना; *n* घोर उपेक्षा, अनादर, अपमान; **to put a ~ upon** s.o. का अनादर करना; **~ingly** *adv* अनादरपूर्वक

slim स्लिम *a* & *vi* (-mm-) 1 पतला, नाज़ुक, छरहरा, 2 *colloq* चालाक, काँइयाँ, धूर्त, मक्कार; *vi* मोटापा कम करना, पतला होना; **~ness** *n* पतलापन, छरहरापन

slime स्लाइम *n* & *vt* 1 पतला कीचड़, चहला, 2 धीरे-धीरे रिसने वाला द्रव (*e.g.* श्लेष्मा, पिघला हुआ तारकोल आदि), अवपंक, *vt* (of snake etc) (शिकार को निगलने से पहले) श्लेष्मा से लिबड़ना

slimy स्लाइमि *a* 1 (f. prec) गाढ़े द्रव-जैसा, श्लेष्मा-जैसा, श्लेष्मल, श्लैष्मिक, 2 लसलसा, चिपचिपा, 3 कीचड़ से लथपथ, 4 हाथ से निकल जाने वाला, फिसल जाने वाला, फिसलना, 5 चापलूस, खुशामदी, दब्बू, 6 बीभत्स, घृणित

sling स्लिङ्ग *n* & *vt* (slung) 1 गुलेल, 2 लटकाने का कोई साधन, छींका, झूला; 3 गलपट्टी [to carry one's arm in a ~], *vt* 1 (गुलेल आदि से) फेंकना [to ~ a stone etc], (हाथ से) फेंक कर मारना; 2 लटकाना [to ~ sth over one's shoulder]

slink^1 स्लिङ्क *vi* (slunk), **to ~ off, away** चुपके से चल देना, खिसक जाना; **to ~ in** चुपके से प्रवेश करना या घुसना

slink^2 *vt* & *n* (of animal) समय से पहले बच्चा जनना, बच्चा गिराना; *n* समय से पहले जन्मा बच्चा (वि० बछड़ा); इसका मांस

slip^1 स्लिप *vi* & *t* (-pp-) 1 फिसलना [He, his foot, ~ped]; रपटना, सरकना, खिसकना; **slipped disc** रीढ़ की हड्डी के दो खंडों के बीच की कोमल हड्डी का सरक जाना (जिसके कारण कमर-दर्द रहता है), 2 चुपके से आना [to ~ in]; चुपके से चल देना, खिसक जाना, आँख बचा कर निकल जाना [to ~ **off, away, out**]; फिसल कर गिर जाना [The ring ~ped off her finger], 3 बीत जाना, बीतते पता न लगना [How the time slips!], 4 **to let ~** छोड़ देना, जाने देना, हाथ से निकलने देना [Don't let the opportunity ~], 5 (लापरवाही के कारण) ग़लती या भूल करना; 6 *vt* छोड़ देना, (बंधन से) खोल देना [to ~ the hounds from the leash], 7 चुपके से घुसेड़ या डाल देना, थमा देना [to ~ a rupee into the porter's hand], 8 to slip **on, off** जल्दी से (वस्त्र) पहनना या उतारना; 9 छूट जाना, रह जाना [The point had ~ped my mind, memory, etc]; 10 *comb*: **~-knot** (i) झटके से खुल जाने वाली गाँठ, सरक-गाँठ; **~slop** *a* = ~shod; **~way** (see foll, 7)

slip^2 *n* 1 फिसलना, फिसलन, **there's many a ~ 'twixt the cup and the lip** जब तक कार्य संपन्न न हो जाये तब तक अनिश्चय ही रहता है; सरक, सर्पण, खिसक; **to give s.o. the ~** किसी के यहाँ से खिसक जाना, किसी से किया वादा पूरा न करना, धोखा देना; 2 ग़लती, भूल, चूक; **~ of the tongue, of the pen** कुछ का कुछ कह जाना, कुछ का कुछ लिख जाना; 3 आचरण-विषयक ग़लती, प्रमाद, स्खलन, अपराध, 4 लकड़ी आदि की पट्टी, पत्ती; काग़ज़ की धज्जी, पर्ची; पर्ची पर निकाला गया प्रूफ़ (also, proof-~), **a ~ of a girl** etc छरहरी लड़की; 5 (कुत्ते का) पट्टा, 6 (सिरहाने का) गिलाफ़, 7 जहाज़ के निर्माण या मरम्मत या जल में उतारने का ढालू मंच, ढाल, अवतरण-मंच, निर्माण-मंच (also **slipway**)

slipper स्लिपर *a* & *vt* चप्पल, चट्टी, स्लीपर; *vt* चप्पल से पीटना, चप्पल लगाना

slippery स्लिपरि *a* 1 (of ground) जहां पैर न जम सके, फिसलने वाला, फिसलना, 2 (of subject) नाज़ुक, आपत्तिजनक, 3 हाथ से निकल जाने वाला, पकड़ में न आने वाला, *fig* अविश्वसनीय, चालाक, बहानेबाज़, बेईमान

slipshod स्लिप्शॉड *a* 1 *fig* (of speech, writing) लापरवाही का, बेकायदा, बेढंगा, क्रमरहित, भद्दा; (of speaker, writer) लापरवाह, 2 ~ English ग़लत-सलत अंग्रेज़ी

slit स्लिट *n* & *vt* & *i* (slit) लंबा छिद्र, दरार, चीर, झिरी [the ~ of the letter-box], चाक; ~ trench सँकरी खाई; *vt* लंबाई में चीरना या काटना [to ~ s.o.'s cheek, throat], चाक करना [has ~ my sleeve]; *vi* लंबाई में चिरना

sliver स्लिवर *n* & *vt* & *i* 1 पेड़ से चीरा हुआ टुकड़ा, फर्रा; छिपटी; टुकड़ा (esp of exploded shell); 2 (काँटे में लगाने के लिए) मछली की फाँक, 3 पूनी; *vt* 1 छिपटियां बनाना या उतारना, 2 (मछली की) फाँकें काटना; *vi* चिरना, छिपटियां उतरना

slobber स्लॉबर *vi* & *t* & *n* 1 भावुकता में लार बहाना; अत्यधिक स्नेह या अनुराग व्यक्त करना [to ~ **over** s.o.]; 2 *vt* लार से भिगो देना [The baby ~s its bib]; किसी के ऊपर लार टपकाना, 3 भद्दा (काम) करना, लापरवाही से (काम) करना, (काम) बिगाड़ देना; *n* भावुकता, भावुकतापूर्ण बातें, चूमाचाटी; **~y** *a* लार-भरा, भीगा हुआ

sloe स्लो *n* एक प्रकार का छोटा जंगली आलूचा

slog स्लॉग *vi* & *t* (-gg-) & *n* 1 ज़ोर से वार करना या घूँसा लगाना, बुरी तरह पीटना, 2 *crick* ज़ोर से हिट लगाना, 3 *vi* डट कर या बड़े जोश से काम करना [to ~ **away at** sth]; to ~ **along** हठपूर्वक चलते जाना; *n* 1 ज़ोर का घूँसा, ज़बरदस्त वार, 2 निरन्तर कड़ी मेहनत,

पिसाई

slogan स्लोगन *n* नारा, उद्घोष; (दल का) नीतिवचन, सिद्धान्त-वाक्य, प्रचार-वाक्य

sloid, **sloyd** स्लॉइड *n* स्कूलों के लिए दस्तकारी-शिक्षा की पद्धति-विशेष

sloop स्लूप *n* (एक मस्तूल का) छोटा जहाज़

slop^1 स्लॉप *n* & *vi* & *t* (-pp-) **1** (in *pl* only) रसोई के बर्तनों में लगी जूठन, गन्दा पानी, खाने की मेज़ पर छलका तरल पदार्थ; **2** (in *pl* or *sing*) बेस्वाद तरल खाद्यपदार्थ, दलिया, शोरबा, शरबत आदि, (*of invalid*) to be on ∼s केवल दलिया या शोरबा लेना; **3** भावुकता, भावुक शब्द; *vi* **1** गिरना, छलकना [Tea ∼s into the saucer]; **2** *vt* गिराना, छलकाना [to ∼ tea over the table], **3** to ∼ **over** s.o. (*fig*)=to slobber over s.o. (see slobber, 1)

slop^2 *n* (in *pl*) **1** नाविकों के लिए सिले-सिलाये कपड़े और बिस्तर आदि; ∼-room जहाज़ का कमरा जहां ऐसे कपड़े मिलते हैं; **2** सिले-सिलाये कपड़े; ∼-shop सिले-मिलाये कपड़ों की दुकान

slope स्लोप *n* & *vi* & *t* **1** ∼ **down** ढाल, ढलान, उतराई; ∼ **up** चढ़ाई; **2** तिरछी स्थिति, तिरछापन; *vi* ढालू होना, तिरछा होना, झुका होना; *vt* ढालू करना, तिरछा करना या रखना; **to slope arms** राइफ़ल को (कंधे पर) तिरछा रखना

sloppy स्लॉपि *a* (f. slop^1) **1** (of road) वर्षा से गीला, पानी से भरे गड्ढों वाला, **2** (of table, floor) छलके हुए पानी आदि से गीला, **3** (of work) लापरवाही से किया हुआ, बेढंगा, भद्दा, **4** (of person, talk) भावुक; भावुकतापूर्ण

slosh स्लॉश *n* & *vt* **1**=slush 1 & 2; **2** भारी आघात या चोट; **3** पानी या अन्य द्रव; *vt* **1** पानी या कीचड़ में छप-छप करना, **2** पानी उछालना या डालना; ∼y *a*=slushy

slot^1 स्लॉट *n* & *vt* (-tt-) **1** खांच, खांचा, नाली, **2** (मशीन में सिक्का आदि डालने के लिए बना) छेद, छिद्र, झिरी; ∼**-machine** मशीन जिसमें सिक्का डालने पर अपने-आप चीज़ें निकल आती हैं; स्लॉट-मशीन; *vt* छिद्रयुक्त या झिरीदार बनाना

slot^2 *n* हिरन आदि के पद-चिन्हों से बना मार्ग; हिरन का पद-चिन्ह

sloth स्लोथ *n* **1** सुस्ती, आलस्य, अकर्मण्यता, **2** दक्षिण अमरीका का पेड़ों पर रहने वाला स्तनपायी पशु जो धरती पर बहुत धीरे चल पाता है; ∼**-bear** भारत और श्रीलंका का मधुभक्षी रीछ; ∼**-ful** *a* सुस्त, आलसी, काहिल

slouch स्लाउच *vi* & *t* & *n* **1** (थकान या उदासी से) झुक जाना, झुक कर बैठना या खड़ा होना या चलना, पांव घसीटना, **2** (*vt*) (टोप को) एक ओर झुकाना; *n* **1** भद्दी चाल [**to walk with a** ∼], **2** *sl* अनाड़ी आदमी; (esp *neg*. He is no ∼ at brick-laying etc); **3** (टोप का एक ओर को) झुकाव

slough^1 स्लाउ *n* दलदल (also *fig*), **the S∼ of Despond** घोर निराशा या उदासी; ∼**y** *a* दलदली, पङ्किल

slough^2 स्लफ़ *n* & *vt* & *i* **1** (सांप की) केंचुली, **2** (सूखे घाव पर की) पपड़ी, खुरंड; *vt* (केंचुली, आदि) उतारना, *vi* खुरंड उतारना; ∼**y** स्लफ़ि *a* पपड़ीदार, पपड़ी-जैसा

sloven स्लवन *n* **1** मैला-कुचैला व्यक्ति; **2** सुस्त और लापरवाह आदमी; **3** फूहड़ या बेशऊर आदमी; ∼liness *n* **1** गन्दापन, मलिनता, **2** सुस्ती और लापरवाही, **3** बेढंगापन, फूहड़पन, बेशऊरी; ∼ly *a* & *adv* मैला-कुचैला; सुस्त और लापरवाह; फूहड़, बेशऊर; *adv* लापरवाही से

slow^1 स्लो *a* **1** (of person) धीमी चाल वाला, धीमा, सुस्त, धीरे काम करने वाला, मट्ठर; **2** देर लगाने वाला, दीर्घसूत्री [to be ∼ to act]; slow to anger जिसे जल्दी गुस्सा न आये, धीरस्वभाव, **3** मन्दबुद्धि (also, ∼ **of wit**), **4** (of speed, motion, etc) धीमा, सुस्त, मन्थर, मन्द, **5** (of clock) जो समय से पीछे हो, पीछे रह जाने वाली [My watch is 5 minutes ∼]; **6** (of show, entertainment) उबाने वाला, अरोचक, नीरस, **7** *comb*: ∼**coach** मट्ठर; मन्दबुद्धि; ∼ **poison** जो बहुत समय तक लेते रहने से ही हानिकर सिद्ध हो, हल्का विष, मन्थर विष; ∼**-witted** मन्दबुद्धि; ∼**ly** *adv* धीरे, धीरे-धीरे [Drive slowly!]; ∼**-ness** *n* **1** धीमी चाल, मन्द गति, **2** बुद्धिमांद्य, जड़ता, **3** (of clock) पीछे रह जाना, (समय से) पीछे होना

slow^2 *vi* & *t* **1** धीमा पड़ना, धीमा हो जाना, **2** *vt* गति कम करना, चाल धीमी करना; **slow-down** *n* (मांगें मनवाने के लिये) धीमी गति से काम करना, काम-मन्दी

slow^3 *adv* (only in certain phrases) to go ∼ धीरे-धीरे चलना या काम करना; [The clock goes ∼]; to go ∼ with one's provisions रसद को किफ़ायत से बरतना

slow-worm स्लो-वर्म *n* सांप और छिपकली के बीच का जन्तु-विशेष

sloyd (see sloid)

slub स्लब *n* & *vt* (-bb-) ऊन की पूनी (बनाना)

sludge स्लज *n* **1** चिकना गाढ़ा कीचड़, अवपंक, **2** गन्दी नाली का पानी, मल, **3** समुद्र पर जमी नई बर्फ़; **sludgy** *a* पंकमय, पंकिल

slug स्लग *n* **1** (पौधों को नष्ट करने वाला बिना खोल का) घोंघा, शंबूक, शंबूक; **2** (बन्दूक की) बेडौल गोली; गोल धातुपिण्ड, **3** *print* (दो पंक्तियों के बीच जगह रखने के लिए) धातु की पट्टी; लाइनोटाइप की पंक्ति; (समाचार का) संक्षिप्त शीर्षक, प्रतीक

sluggard स्लगर्ड *n* सुस्त या मट्ठर आदमी; निकम्मा बैठा रहने वाला व्यक्ति, आलसी व्यक्ति

sluggish स्लगिश *a* 1 (of person) सुस्त, काहिल, मट्ठर, निष्क्रिय; 2 धीमी चाल वाला [~ river], 3 ~ liver सुस्त जिगर; ~ digestion मन्द पाचन शक्ति, अग्निमांद्य

sluice स्लूस *n* & *vt* & *i* 1 (also **~-gate, ~-valve**=flood-gate) बांध का फाटक, जलद्वार, जलफाटक, जलकपाट, 2 जलद्वार में से बहने वाला पानी, 3 (also **~-way**) कृत्रिम जलमार्ग, नहर, कुल्या, नाली, 4 खूब पानी बहाकर की गई धुलाई [to give the floor etc a ~ down], *vi* 1 (जलाशय में) जलकपाट लगाना, 2 जलाशय के पानी से (स्थान को) प्लावित करना, 3 ज़ोर से पानी बहाना; *vi* (of water) to ~ out ज़ोर से बह निकलना

slum स्लम *n* & *vi* (शहर की) गन्दी बस्ती; तंग और गन्दा मकान; ~ **clearance** गन्दी बस्तियों को हटाना (और लोगों को अन्यत्र बसाना); *vi* 1 गन्दी बस्तियों में जा कर वहां के लोगों की हालत देखना और सहायता करना; 2 गन्दी बस्तियों के रहने वालों की तरह आचरण करना

slumber स्लम्बर *n* & *vi* & *t* (प्राय: आराम की) नींद, निद्रा; *vi* सोना, *vt* to ~ away the precious time सो कर कीमती समय गंवाना; **~er** *n* सोने वाला; **slumb(e)rous** स्लम्बरस *a* 1 निद्रालु, उनींदा, 2 निद्राजनक

slump स्लम्प *n* & *vi* 1 कीमतों का एकाएक गिरना, गिरावट, मूल्यह्रास [~ in the dollar etc], 2 (व्यापार की) मन्दी, 3 (विषय या व्यवसाय में) रुचि का ह्रास, 4 (*colloq*) **the slump** आर्थिक संकट; *vi* 1 (of prices) एकाएक गिरना, 2 गिर पड़ना [He ~ed into the chair], धड़ाम से गिरना, ढेर हो जाना [He received a nasty blow and ~ed to the ground], 3 असफल रहना, कुछ कर न पाना

slur स्लर *n* & *vt* & *i* (-rr-) 1 निन्दा, बदनामी, दोषारोपण, दूषण [**to put, cast, a ~ on s.o.**]; 2 धब्बा, लांछन, कलंक [to put a ~ on s.o.'s reputation]; 3 अस्पष्ट उच्चारण या लिखावट या गाना; *vt* & *i* 1 अस्पष्ट उच्चारण करना [to ~ (over) a word]; 2 हल्के से कह जाना, पर पूरा ध्यान न देना, छिपाने के लिए झटपट निपटा देना, छिपाना [to ~ **over** a fact, fault, etc]

slush स्लश *n* 1 कीचड़ और पानी, पतला कीचड़; 2 बर्फ़ और पिघली हुई बर्फ़ का पानी; अधपिघली बर्फ़, 3 *fig* व्यर्थ की भावुकता; **~y** *a* कीचड़-भरा, पंकिल

slut स्लट *n* मैली-कुचैली स्त्री; फूहड़ स्त्री, बेशऊर औरत; **~tish** *a* (of woman) मैली-कुचैली; फूहड़-सी

sly स्लाइ *a* (slyer, slyest) 1 चालाक, धूर्त, सयाना, मक्कार; ढोंगी, दंभी, 2 छिपा कर काम करने वाला, छिपाऊ; 3 **sly dog** अपनी विलासिता और छोटे-मोटे अपराधों को गुप्त रखने वाला व्यक्ति; घुन्ना आदमी, 4 **to do sth on the ~** कोई काम चुपके से या बिना किसी को बताये करना, 5 व्यंजना से काम लेने वाला, व्यंग्य करने वाला, 6 **~boots**, (*colloq*) छिपाऊ या घुन्ना आदमी; **~ly** *adv* 1 सफ़ाई से, होशियारी से, चतुराई से, 2 चुपके-चुपके, गुप्त रूप से

smack^1 स्मैक *n* & *vi* 1 (किसी वस्तु की विद्यमानता की सूचक) हल्की-सी गन्ध या बास या बू, महक; स्वाद [has a ~ of ginger in it]; 2 (गुण, वस्तु की) हल्की सी मिलावट, मिश्रण, पुट [has a ~ **of** audacity in him], रंगत, झलक; *vi* **to ~ of sth** किसी पदार्थ की हल्की-सी गन्ध या बास या महक होना, हल्का-सा स्वाद होना, 3 की गंध या पुट होना [His manner **~s of** insolence]

smack^2 *n* & *vt* & *i* & *adv* 1 हल्के विस्फोट की-सी ध्वनि, चटाक, कोड़ा लगने की आवाज़, तड़ाक, तड़ाक-सड़ाक, 2 चपत, थप्पड़, तमाचा, **to get a ~ in the eye** *or* **face** झिड़की या फटकार या दुतकार मिलना, **to have a ~ at sth** (*colloq*) कोई काम करने की कोशिश करना, 3 *crick* ज़ोर की हिट, 4 स्वाद से जीभ चटकाने का शब्द, चटकारा, चटख़ारा, 5 चूमने का शब्द, चुमकार; (सशब्द) चुम्बन [gave her a hearty ~], *vt* 1 चपत लगाना [to ~ s.o.'s face], 2 कोड़ा फटकारना, तड़ातड़ (कोड़े) लगाना, 3 चटकारना, चटख़ारना, चटख़ारा लेना [to ~ one's lips], *vi* 4 (of whip) चटकना, तड़ाका होना; *adv* ज़ोर से, ऐन, ठीक [hit him ~ on the nose]

smack^3 *n* 1 मछली पकड़ने का छोटा जहाज़, मत्स्यपोत; 2 तटीय (व्यापार का) पोत

smack^4 *n* (U.S. *sl*) अफ़ीम से बनने वाला मादक द्रव्य, अहिफेनक, हिरोइन (heroin)

small स्मॉल *a* & *n* 1 छोटा, नन्हा, लघु [~ stature, industry]; ~ **arms** (तोप से) छोटे हथियार; ~ **craft** नौकाएं; **the ~est room** (*colloq*) घर का शौचागार; ~ **holding** छोटी जोत, 2 थोड़ा, अल्प, कम [~ income, harvest]; **in ~ number** थोड़ी संख्या में; नगण्य; **it is ~ wonder that** ··· इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि ···; 3 हल्का, मन्द; **the ~ still voice** अन्त:करण की आवाज़; 4 **to look, feel, small** घड़ों पानी पड़ जाना, खिसिया जाना, ज़रा सा मुंह निकल आना, ज़लील होना; 5 कम महत्व का, मामूली, साधारण, **great and ~** छोटे-बड़े, सभी वर्गों के लोग; **in a small way** छोटे पैमाने पर; थोड़ी मात्रा में, थोड़ा-सा, **to live in a ~ way** साधारण रहन-सहन होना; 6 कमीना, ओछा, क्षुद्र, अनुदार [He is a ~ man; it is ~ of him to behave in this manner], **~-minded** *a* अनुदार (विचारों वाला), संकीर्णमना

smallage स्मॉलिज *n* जंगली अजमोद

smalt स्मॉल्ट *n* कोबाल्ट (cobalt) से नीला रंगा

हुआ शीशा, इसे पीस कर बना रंग, स्माल्ट

smallpox स्मॉल्पॉक्स *n* चेचक, शीतला, मसूरिका

smarm स्मार्म *vt* (*colloq*) खूब चापलूसी करना, **~y** *a* परले दर्जे का चापलूस

smart¹ स्मार्ट *n* & *vi* **1** तीव्र पीड़ा, शूल, (मानसिक) व्यथा, जलन, चुभन; **2** (*mil*) **~-money** (चोट या घाव आदि के लिए दिया गया) हरजाना, भत्ता, पेन्शन, *vi* **1** (of wound etc) दुखना, दर्द करना, टीस मारना [My finger ~s]; **2** चुभना, कसकना, पीड़ा देना [The taunt still smarts in his brain], **3** (of person) पीड़ा या कष्ट या दुःख अनुभव करना [to ~ **under**, an injustice, a rebuke], **4** to ~ **for** दण्ड भुगतना, मज़ा चखना [you shall ~ for this]

smart² *a* **1** (of blow) सख़्त, ज़बरदस्त, (of pace) द्रुत, तीव्र, तेज़ [He went off at a ~ pace]; **2** (of person) चुस्त, चालाक, चंट, चतुर, होशियार, समझदार, सयाना, सूझ-बूझ वाला, फ़ुर्तीला और समझदार [a ~ talker etc], **Look ~!** जल्दी करो!, **3** साफ़-सुथरा [~ house, garden], बना-ठना, बांका [~ person], **4** फ़ैशनेबुल, शानदार, सुरुचिसम्पन्न [~ people, society],

smarten *vt* & *i* चुस्त-चालाक या होशियार बनाना या बनना [The new servant has now smartened up]

smash स्मैश *vt* & *i* & *n* **1** टुकड़े-टुकड़े करना, चकनाचूर करना [to ~ (up)], **2** (शत्रुसेना को) बुरी तरह हरा कर तितर-बितर कर देना, **3** दे मारना, पटकना [to ~ sth against sth]; **4** (*tennis*) जाल के पास आकर (गेंद को) नीचे की ओर ज़ोर की हिट लगाना, **5** बरबाद करना, पर पानी फेर देना [to ~ a project, plan], नष्ट-भ्रष्ट करना, **6** *vi* (of vehicle) ज़ोर से टकराना, टक्कर मारना [to ~ **into** sth]; **7** टुकड़े-टुकड़े या चकनाचूर होना, **8** (of bank, firm, etc) दिवाला निकालना, बैठ जाना, बरबाद होना; *n* **1** टुकड़े टुकडे होना, ध्वंस, **2** ज़ोर की टक्कर, भिड़न्त [train-~]; **3** ज़ोर का प्रहार या घूंसा, **4** (tennis) ज़ोर की हिट, **5** घोर पराजय, **6** विनाश, बरबादी, **to go to ~** बिगड़ जाना, बरबाद होना, **7** दिवाला, **8 smash-up** (i) मोटर या रेलगाड़ियों की ज़बरदस्त टक्कर, (ii) सर्वनाश, सत्यानाश

smasher स्मैशर *n* चकनाचूर करने वाला ज़बरदस्त प्रहार; कायल करने वाली ज़बरदस्त दलील; **smashing** स्मैशिङ्ग *a* (*sl*) बहुत बढ़िया

smatterer स्मैटरर *n* थोड़ा-बहुत जानने वाला, पल्लवग्राही

smattering स्मैटरिङ्ग *n* (विषय या भाषा की) मामूली जानकारी, पल्लवग्राहिता, अल्पज्ञान [to have a ~ of a subject]

smear स्मिअर *vt* & *n* **1** (चिकनी या चिपचिपी चीज़) लीपना, पोतना, मलना, लगाना चुपड़ना [~s chapaties **with** ghee, ~s butter **on** bread], **2** (of grease etc) निशान या धब्बे डालना, गंदा करना, **3** (चित्र की रेखाओं या लिखावट को) धुंधला करना; to get ~ed धुंधला हो जाना; **4** बदनाम करना, कलङ्क या दाग़ या धब्बा लगाना; **a ~(ing) campaign** बदनाम करने का अभियान; *n* **1** दाग़, धब्बा, निशान; **2** *colloq* बदनाम करने की कोशिश; **~y** *a* दाग़दार, धब्बेदार

smell स्मेॅल *n* & *vt* & *i* (smelt *or* ~ed) **1** घ्राणशक्ति, **2** गन्ध, बू, बास, महक, **3** दुर्गंन्ध, बदबू, **4** *colloq* सूंघना [to take a ~ at sth]; *vt* **1** सूंघना, गन्ध लेना, **2** घ्राणशक्ति से किसी चीज़ का पता लगा लेना, की गन्ध पाना [I ~ ginger]; **to ~ a rat** (see rat); **3** *vi* (अच्छी या बुरी) गन्ध होना, गन्ध देना [Roses smell nice, sweet, etc], **4** की गन्ध या बास होना [to ~ **of** garlic, nepotism, etc]; **to ~ of the lamp** (see lamp), **5** दुर्गन्ध या बदबू देना, से बदबू आना. **6** *vt* **to ~ out the game** गन्ध से शिकार का पता लगा लेना; **to ~ out a secret** रहस्य का पता लगा लेना; **~ing salts** (=ammonium carbonate) (बेहोशी दूर करने के लिए) सूंघने की दवा; **~ing-bottle** सूंघने की दवा की शीशी

smelly स्मेॅलि *a* (*colloq*) बदबूदार, दुर्गन्धयुक्त

smelt स्मेॅल्ट *vt* (खनिज को) गलाना, पिघलाना, (कच्ची धातु को) गला कर साफ़ करना, शुद्ध धातु निकालना; **~er** *n* **1** धातुओं को गला कर साफ़ करने वाला, प्रगालक; **2** गलाने का कारख़ाना

smew स्म्यू *n* मछलीमार बत्तख़

smile स्माइल *vi* & *t* & *n* **1** मुस्कराना; **to ~ at, on, s.o.** किसी को देखकर मुस्कराना; **2 to ~ at** (*fig*) हँसी उड़ाना, हँसना, तुच्छ समझना [to ~ at s.o.'s claim, efforts], **3** शुभ या अनुकुल होना [Fortune smiled on us], **4** *vt* मुस्करा कर कहना या व्यक्त करना [to ~ a welcome to s.o.], **5** विशेष प्रकार की हँसी हँसना [to ~ a bitter, ironical, ~]; **6** मुस्करा कर (भय, चिन्ता आदि) दूर करना [to ~ s.o.'s fears away]; *n* मुस्कान, मुस्कराहट; **smiling** *a* मुस्कराता हुआ, प्रसन्नवदन, हँसमुख

smirch स्मर्च *vt* & *n* मैला करना, दाग़ लगाना, धब्बा लगाना; *fig* कलङ्क लगाना, बदनाम करना [a ~ed reputation]; *n* दाग़, धब्बा; कलङ्क

smirk स्मर्क *n* & *vi* बनावटी हँसी (हँसना), अभिमानपूर्ण अथवा मूर्खतापूर्ण हँसी (हँसना), खीसें निकालना

smite स्माइट *vt* & *i* (smote, smitten) *arch* or *liter* **1** प्रहार करना, **2** बुरी तरह हराना, **3** दण्ड देना; ताड़ना करना, My conscience smote me मुझे बहुत पश्चात्ताप हुआ, **4** (chiefly in *p.p.*) रोग से ग्रस्त करना [smitten **with** plague, blindness, etc]; **love-smitten** प्रणयोन्मत्त, **5**

vi टकराना, पड़ना [a sound smote upon his ear]; *n* (*colloq*) प्रहार, आघात, चोट

smith स्मिथ *n* धातु गढ़ने का काम करने वाला, लोहार, सुनार आदि

smithereens स्मिद-रीन्ज़ **smithers** स्मिदर्ज़ *nn* (*pl*) छोटे-छोटे टुकड़े; to smash sth **to, into, smither(een)s** चकनाचूर करना

smithy स्मिथि *n* लोहार की दुकान, धातु गलाने का कारख़ाना, भट्ठी

smock स्मॉक *n* & *vt* **~-frock** कृषि-मजदूर का चुननदार कुर्ता; *vt* चुनन डालना; **smocking** *n* चुननदार सिलाई या कढ़ाई

smog स्मॉग *n* धूआं और कुहरा, धूम-कुहरा

smoke^1 स्मोक *n* 1 धूआं, धूम्र; **to end in ~, to go up in ~** निष्फल होना; बेकार जाना, **2** (सिगरेट, हुक्के आदि का) कश, धूम्रपान [Will you have a ~?], **3** *sl* सिगरेट, सिगार आदि, **4** *comb*: **~-bomb** जिसके फटने पर घना धूआं निकलता है, धूम्र-बम, **~-screen** (*mil*) सैनिक कार्यवाहियों को छिपाने के लिए फैलाया हुआ धूआं, धूएं का बादल, धूम्रावरण, *fig* वास्तविक इरादों को छिपाने के लिए कही गई बात, बहकावट, भुलावा; **~less** *a* धूमरहित; smokeless powder धूमरहित बारूद

smoke^2 *vi* & *t* **1** धूआं देना या छोड़ना [The lamp is smoking], **2** *vt* धूएं से काला करना, **~d glass** (सूर्य को देखने के लिए प्रयुक्त) धूमित कांच, **3** धूआं देकर (मांस आदि) सुरक्षित करना; **4** (सिगरेट आदि) पीना, *abs* धूम्रपान करना [I don't ~], **5** धूनी देकर कीड़ों को मारना या भगाना [to ~ insects; to ~ out wasps]

smoker स्मोकर *n* **1** सिगरेट-बीड़ी पीने का आदी, तम्बाकू-नोश; **~'s cough, heart, throat** अति धूम्रपान से होने वाली खांसी या हृद्रोग या गले की ख़राबी, **2** (गाड़ी में) धूम्रपान का डिब्बा

smoking स्मोकिङ्ग *n* **1 ~-carriage, ~-compartment** धूम्रपान का डिब्बा, **2 ~-room** (होटल आदि में) धूम्रपान-कक्ष

smoky स्मोकि *a* **1** धूआं देने या छोड़ने वाला, धुंधुआता हुआ [~ lamp], **2** धूएं से भरा हुआ [~ city, room, etc], **3** धूएं के रंग का, धूमिल, धूएं से काला [~ ceiling]

smooth^1 स्मूद *a* **1** (of surface) जो ऊंचा-नीचा न हो, बराबर, समतल, हमवार, (of sea) जिसमें लहरें न उठ रही हों, तरङ्गरहित, शान्त, **2** चिकना, चिक्कण, मसृण, मुलायम, नर्म, नरम [~ skin]; बालों या झुर्रियों से रहित [~ forehead], **3** कठिनाइयों या बाधाओं से रहित, निर्बाध, निर्विघ्न, आसान; **to make things ~ for s.o.** कठिनाइयां दूर करना, आसान करना या बनाना; **had a ~ passage** (i) बिना कठिनाई के समुद्र पार हो गया; (of bill) निर्विरोध पास हो गया; **in ~ water** जो कठिन स्थिति से निकल आया हो, जिसे अब कोई कठिनाई न हो, **4** (of voice) मधुर, मृदु, मीठा, **has a ~ tongue** मधुरभाषी है (also see 7 below), **5 ~ things** चापलूसी, चिकनी-चुपड़ी बातें; ऊपर-ऊपर से प्रोत्साहन, **6** (of temperament) शान्त, धीर, **7** *comb*: **~-spoken, ~-tongued** मधुरभाषी, मिठबोला, चिकनी-चुपड़ी बातें करने वाला; **8 ~ly** *adv* **1** निर्विघ्न, **2** आराम से, आसानी से, **~ness** *n* **1** चिकनापन, **2** आसानी

smooth^2 *vt* & *i* **1** समतल या हमवार करना [to ~ a surface], चिकना करना, [to ~ a plank], **2** चिकना या मुलायम या नर्म करना, **3** निर्विघ्न या निर्बाध बनाना, आसान बनाना, सुखद बनाना [to ~ the way for s.o.], **4** नुकीलापन कम करना, गोल करना [to ~ an angle]; **5** (वस्तुत: या ऊपर-ऊपर से) कम करना, मिटाना, दूर करना [to ~ **over** *or* **away** differences, difficulties, obstacles, etc], **6** (दोषों पर) पर्दा डालना, (अपराध की) उग्रता कम करना [to ~ **over** faults]

smother स्मदर *n* & *vt* & *i* घना धूआं, धूएं और धूल आदि का बादल, गर्द-गुबार, *vt* **1** गला घोंटना [to ~ s.o.], **2** रोकना, दबा देना, व्यक्त न होने देना, छिपाना [to ~ a yawn, curse, fact, etc], to ~ fire (राख डाल कर) आग दबा या बुझा देना, **3** अभिभूत करना [to ~ s.o. **with** kindness, kisses, gifts], **4** पूरी तरह ढक देना, **5** *vi* दम घुटना, दम घुटने से मरना; **~y** *a* दम घोंटने वाला, दमघोंट, श्वासरोधी

smoulder स्मोल्डर *vi* & *n* **1** सुलगना, **2** (of hatred, discontent, rebellion) अन्दर ही अन्दर विद्यमान रहना, सुलगना; *n* सुलग, सुलगन; अन्तर्दहन

smudge^1 स्मज *vt* & *i* & *n* **1** (लिखावट या रेखाचित्र की रेखाओं (को) धुंधला करना, (काग़ज़, मुंह आदि पर) धब्बे डालना, **2** गन्दा करना, **3** कलङ्क लगाना, **4** *vi* (of ink) फैल जाना, (of drawing) धुंधला हो जाना, *n* (स्याही का) धब्बा, कालिख का निशान, (स्याही फैलने से बना) धुंधला निशान; **smudgy** *a* **1** जिस पर धब्बे पड़ गये हों, धब्बेदार, मैला, गंदा, **2** धुंधला

smudge^2 *n* कीड़े आदि भगाने के लिए घना धूआं देने वाली आग, खूब धुंधुवाती आग; **smudging** *n* धुंधाना, धुंधुआना

smug स्मग *a* थोड़ा-बहुत इज़्ज़तदार तथा अपने-आप में मस्त और सन्तुष्ट, आत्मसन्तुष्ट, अहम्मन्य; आराम से बैठा हुआ; **~ly** *adv* आत्मसन्तोषपूर्वक

smuggle स्मगल *vt* **1** चोरी-छिपे (वि० सीमा-शुल्क दिये बिना) माल लाना या ले जाना [to ~ **in, into, out, away**], **2** *abs* चोकी मारना, चौकीमारी करना, तस्कर-व्यापार करना; **~er** *n* तस्कर-व्यापारी, चोकीमार; **smuggling** *n* तस्कर-

व्यापार, चोकीमारी, तस्करी

smut स्मट *n* & *vt* & *i* 1 कालिख, काजल, 2 अश्लील शब्द या बातचीत; अश्लील चित्र या साहित्य; **to talk ~** गन्दी बातें करना, 3 *agr* रोग जिससे अनाज की बालें काली पड़ जाती हैं, काला रतुआ, कंड, कंडवा; *vt* & *i* 1 कालिख लगाना, धब्बे डालना या लगना, 2 कंड लगाना या लगना

smutty स्मटि *a* 1 जिस पर कालिख पुती हो, काला, धब्बेदार, 2 अश्लील [a ~ story]; 3 कंडवाग्रस्त

snack स्नैक *n* हल्का नाश्ता [to have a ~], **~-bar** जलपानगृह, अन्नपूर्णा

snaffle स्नैफ़ल *n* दहाने-सहित किन्तु ज़ंजीर-रहित लगाम; **to ride s.o. on the ~** किसी को प्यार से वश में रखना

snag स्नैग *n* & *vt* (-gg-) 1 बाहर को निकली हुई नुकीली चीज़, पेड़ पर लगी टूटी टहनी, टूटा हुआ शेष दांत, नौचालन में बाधा डालने वाली चट्टान आदि, 2 *fig* अप्रत्याशित रुकावट, बाधा, अड़चन, उलझन, कठिनाई [There's a ~ in it]; *vt* रुकावट खड़ी करके (किसी को) पकड़ लेना; (U.S.) तुरन्त कार्यवाही करके पकड़ लेना

snail स्नेल *n* घोंघा, शम्बूक; **to go at a snail's pace** बहुत ही धीरे चलना, चींटी की चाल चलना; **~-slow** *a* मन्थरगति

snake स्नेक *n* 1 सांप, सांपिन, सर्प, **a ~ in the grass** छिपा ख़तरा या शत्रु, 2 **~ in one's bosom** कृतघ्न व्यक्ति जो मित्र बन कर शत्रुता करें, विश्वासघाती आदमी; आस्तीन का सांप, **~s and ladders** बच्चों का एक खेल, सर्प-सोपान, 3 *comb*: **~-bite** सांप का काटा; **~-charmer** सँपेरा

snaky स्नेकि *a* 1 जहां सांप बहुत हों, सर्पबहुल, 2 सर्पवत्, सर्पाकार, सर्पिल, चक्करदार, 3 सांप-जैसा विषैला

snap¹ स्नैप *vt* & *i* (-pp-) I *vt* 1 काटना, 2 (चाबुक) फटकारना, 3 **to ~ one's fingers** चुटकी बजाना; **to ~ one's fingers at s.o.** परवाह न करना, अवज्ञा या अवहेलना करना, विरोध करना; to ~ one's fingers at a threat, demand, etc का उपहास करना, मज़ाक उड़ाना, 4 तोड़ना, चटकाना, तड़काना [to ~ a string, stick, etc], 5 खट से फ़ोटो लेना, II *vi* 1 शब्द करते हुए काटना; 2 to ~ at s.o. काटने या पकड़ने की कोशिश करना; **to ~ at an offer, opportunity** प्रस्ताव झट स्वीकार कर लेना; अवसर को हाथ से न जाने देना, 3 चटाख़ से टूटना, चटकना, तड़कना [a string, stick, ~s], (of whip) तड़तड़ाना, तड़ाका होना. (of pistol) छूटना, दगना, 4 पटाक से बन्द होना, III (with *prepp*) to **~ off** एकाएक काट लेना या तोड़ डालना; to ~ s.o.'s **head** *or* **nose off** किसी को गुस्से से टोकना, to ~ **out** (an order etc) झल्लाकर हुक्म देना; to ~ **up** झट पकड़ लेना, झट स्वीकार कर लेना [to ~ up a bargain etc]; झट ख़रीद लेना

snap² *n* & *a* 1 कटने या टूटने या बन्द होने की आवाज़; चट, चटाक, तड़क, तड़ाक, तड़ाका, खट, फट, पटाक, 2 एक प्रकार का भुरभुरा केक, 3 **(cold) ~** आकस्मिक सख़्त सर्दी के कुछ दिन; 4 फुर्ती, स्फूर्ति, जोश, हिम्मत, जान, ज़ोर, ओजस्विता; style full of ~ जानदार या ज़ोरदार या ओजस्वी शैली, 5 = snapshot (see 7 below); 6 *a* (*Parl*) बिना नोटिस के, फ़ौरी, तात्कालिक, आकस्मिक [a ~ vote, division, debate, poll, election, decision, etc], 7 *comb*: **~ shot** झटपट निशाना बांधकर चलाई गई गोली; **snapshot** खट से लिया गया फ़ोटो, आशु-फोटो

snappish स्नैपिश *a* चिड़चिड़ा; **~ly** *adv* चिड़चिड़ा कर, झुंझलाकर

snappy स्नैपि *a* 1 जानदार, ओजस्वी [~ style], 2 तीखा, करारा [~ phrase]; 3 **Make it ~! Look ~!** (*colloq*) जल्दी करो!

snare स्नेअर *n* & *vt* 1 जाल, पाश, फंदा, *fig* (शत्रु आदि को) फंसाने की तरकीब, षड्यन्त्र, जाल, 2 in *pl* ढोल की निचली तरफ़ लगा तांत या चमड़े की डोरियों का जाल, *vt* (जाल में) पकड़ना [to ~ a bird], फँसाना, फांसना [to ~ s.o.]

snarl¹ स्नार्ल *vi* & *t* & *n* 1 (of dog) (दांत निकाल कर) ज़ोर से गुर्राना, 2 *vt* (of person) to ~ **out** व्यंग्यपूर्वक या खीज कर कहना, बड़बड़ाना, शिकायत करना; *n* 1 गुर्राहट, 2 बड़बड़ाहट, शिकायत

snarl² *n* & *vt* & *i* गांठ, गुत्थी, उलझन; *vt* & *i* 1 उलझाना या उलझना, a ~ed skein उलझा हुआ या पेचीदा मामला, 2 to ~ **up** (यातायात को) जाम करना [The traffic is ~ed up]

snatch स्नैच *vt* & *i* & *n* 1 झट से पकड़ या उठा लेना, झपटना, छीनना [The cyclist ~ed her chain and sped away], 2 मुश्किल से लेना या पाना [to ~ half an hour's rest], 3 उत्सुकतापूर्वक लेना [to ~ an offer, opportunity etc], *vi* छीनने के लिए हाथ बढ़ाना, छीनने की कोशिश करना, झपटना [He ~ed **at** the letter in my hand]; *n* 1 झपट, झपट्टा [to make a ~ **at** sth], 2 usu in *pl* (i) खंड, अंश, टुकड़ा; ~es of a song गीत के अंश; (ii) थोड़ा समय, अल्पकाल, **to work in** *or* **by ~es** रुक-रुक कर काम करना; **~y** *a* असम्बद्ध, क्रमरहित

sneak स्नीक *vi* & *t*, *n* & *a* 1 चुपके से आना या जाना, to ~ **in(to)** चुपके से घुस आना [Raiders ~ed into the country]; to ~ **out, off, away** आँख बचाकर निकल जाना, चुपके से चल देना, खिसक जाना, 2 *vt* (*sl*) चुराना, उठा लेना, उड़ा लेना; *n* कमीना या अधम या नीच आदमी, 3 (school *sl*) मुख़बिर; *a* चुपके से करने वाला या किया हुआ [~ raider, ~ attack];

~-thief खिड़की या दरवाज़ा खुला पाकर (न कि तोड़ कर) चोरी करने वाला, उठाईगीरा, उचक्का

sneaking स्नीकिङ्ग *a* **1** गुप्त, अप्रकट, पोशीदा [to have a ~ liking etc for sth], **2** छिप कर काम करने वाला, **3** चापलूस, कमीना, जी-हुज़ूरिया

sneer स्निअर *vi* & *t* & *n* **1** व्यंग्यपूर्वक हँसना; to **~ at** s.o. किसी पर व्यंग्य करना, मज़ाक या हँसी उड़ाना, ताना देना, बोली मारना; to **~ at** sth तुच्छ या हेय समझना; नाक-भौं चढ़ाना; *vt* व्यंग्यपूर्वक कहना; *n* **2** व्यंग्यपूर्वक हँसी, व्यंग्य, मज़ाक, ताना, बोली, ठठोली

sneeze स्नीज़ *vi* & *n* छींकना, **not to be ~d at** काफ़ी अच्छा, ख़ासा [A consolation prize is not be ~d at] *n* छींक

snick स्निक *n* & *vt* **1** (कपड़े में) तनिक चीर, काट, (लकड़ी में) खांचा, **तराश**, **2** (छेनी की) मार, चोट, **3** *crick* बल्ले से गेंद का **हल्का-सा** स्पर्श; *vt* **1** (कपड़े को) चीरना, खांचा काटना, **2** (*crick*) to ~ the ball (आती हुई) गेंद को बल्ले से छू कर तनिक एक तरफ़ कर देना

snicker स्निकर *vi* & *n* हिनहिनाना; दबी हँसी हँसना; *n* हिनहिनाहट; दबी हँसी

sniff स्निफ़ *vi* & *t* & *n* **1** नाक को बहने से रोकने के लिए ज़ोर से साँस ऊपर खींचना, सुड़कना, **2** नाक-भौं चढ़ा कर घृणा व्यक्त करना, नाक-भौं चढ़ाना [to **~ at an offer**], **3** की गन्ध लेना [to ~ at a dish], **4** (of dog) काटने से पहले सूँघना, **5** *vt* (फूल, भोजन आदि की) गन्ध लेना [to ~ a flower etc], **6** (नसवार आदि) नाक में चढ़ाना, *n* सूंघने की क्रिया या शब्द, सुरक, सुड़कन

sniffle स्निफ़ल *vi* **1** सूँ-सूँ करना, **2** नाक से बोलना, नकियाना

sniffy स्निफ़ि *a* (*colloq*) **1** नकचढ़ा, **2** जिससे बास आ रही हो, कुछ-कुछ बदबूदार

snifting valve स्निफ़्टिङ्ग-वैल्व *n* (स्टीम-इंजन में) हवा के निकलने का कपाट (also **snifter-valve**)

snigger स्निगर *vi* & *n* (वि० अश्लीलता पर या **व्यंग्यपूर्वक**) दबी हँसी हँसना, दिल ही दिल में हँसना, *n* दबी हँसी

sniggle स्निगल *vi* (बिल में चारा डाल कर) सर्प-मीन पकड़ना

snip स्निप *vt* (-pp-) & *n* (जल्दी-जल्दी कैंची चला कर) कतरना, काटना [to ~ cloth, a hole; to ~ off the ends]; *n* (काग़ज़, कपड़े आदि की) कतरन

snipe स्नाइप *n* & *vi* & *t* **1** शिकार के पक्षियों की कुछ किस्में, चाहा आदि, *vi* ऐसे पक्षियों का शिकार करना, **2** *mil* (*vi* & *t*) छिपकर-गोली चलाना [to ~ (at) the enemy]; **3** *fig* व्यक्ति या उसके काम **की** (परोक्ष रूप से) आलोचना करना [to ~ at s.o.]; **sniper** स्नाइपर *n* छिपकर गोली चलाने वाला, कमीनदार

snippet स्निपिट *n* **1** छोटी-सी कतरन, टुकड़ा; **2** in *pl* ज्ञान या जानकारी के फुटकर अंश, (पत्रिका आदि के) उद्धृत अंश, उद्धरण [~s of knowledge, information, etc]; **~y** *a* असम्बद्ध, क्रमरहित, शृंखलारहित [~y style]; **फुटकर**

snivel स्निवल *vi* (-ll-) **1** नाक बहना, **2** दिखावे के लिए आंसू बहाना, भावुकता का प्रदर्शन करना, ठिनकना, झींखना, *n* **1** रेंट, नाक, **2** रोना-धोना, झीख, **3** ढोंगबाज़ी, दिखावे की बातें; **~ler** *n*, **~ling** *a* दिखावे के आंसू बहाने वाला, भावुकता प्रदर्शित करने वाला, ढोंगी

snob स्नॉब *n* अमीरों के आगे नाक रगड़ने वाला और ग़रीबों के आगे अकड़ने वाला व्यक्ति, अभिमानी व्यक्ति, अकड़बाज़, **intellectual ~** अपने से अवर विद्वानों से घृणा करने वाला व्यक्ति; **~ appeal** अभिमानियों को आकर्षित करने का गुण; **snobbery** स्नॉबरि *n* अमीरों की बड़ाई और ग़रीबों की निन्दा करने का स्वभाव, झूठा अभिमान, अकड़, ऐंठ, नकचढ़ापन

snobbish स्नॉबिश *a* नकचढ़ा, अकड़बाज़; **~ness** *n* = snobbery

snood स्नूड *n* (Sc or *liter*) कुमारियों के केश बांधने का फ़ीता, जाली

snook¹ स्नूक *n* मछलियों की कुछ किस्में

snook² *n* (*sl*) **to cock a ~ at s.o.** (नाक पर अंगूठा रख कर और व्यक्ति की ओर उंगलियां फैला कर) घोर घृणा व्यक्त करना

snoop स्नूप *vi* & *n* (*colloq*) (दूसरों के मामलों का) भेद लेने की कोशिश करना; ताक-झांक करना [to ~ into sth], to **~ about** *or* **around** कानून-भंग का पता लगाने के लिये छिप-छिपकर देखते फिरना

snooze स्नूज़ *vi* & *n* (वि० दिन में) हल्की-सी नींद लेना, तनिक झपकी लेना, *n* हल्की-सी नींद, झपकी

snore स्नॉर *vi* & *n* ख़र्राटे लेना या भरना या मारना, *n* ख़र्राटा

snort स्नॉर्ट *vi* & *t* & *n* **1** (क्रोध, अप्रसन्नता आदि व्यक्त करने के लिए) नाक से ज़ोर से सांस निकालना, फूत्कार करना, फुनफुनाना, फुफकारना, (इंजन का) फक-फक करना, **2** *vt* फूत्कार करते हुए कहना; to **~ defiance at s.o.** फुनफुनाते हुए किसी के प्रति अवज्ञा या विरोध व्यक्त करना; परवाह न करना, *n* **1** फूत्कार, फुफकार, **2** (इंजन की) फक-फक

snorter स्नॉर्टर *n* (*sl*) **1** बहुत परेशान या भौचक्का कर **देने वाली** बात; बहुत कठिन काम [Problem that is a regular ~], **2** तेज़ आंधी, तूफ़ान

snot स्नॉट *n* (*vulg*) **1** सींड़, रेंट, **2** नीच आदमी

snotty स्नॉटि *a* 1 *vulg* जिसकी नाक बह रही हो; सींड़-भरा, 2 घिनावना, 3 *colloq* चिड़चिड़ा; तुनक-मिज़ाज; गुस्ताख़, अकड़बाज़

snout स्नाउट *n* 1 (of animal) थूथन, थूथनी, (*derog* of man) नाक, 2 टोंटी, 3 किसी वस्तु का थूथन की तरह आगे को निकला हुआ भाग; (of glacier) थूथन की तरह उभरा हुआ भाग, प्रोथ; **~y** *a* थूथन-जैसा; थूथनदार

snow^{1} स्नो *n* 1 बर्फ़, हिम, 2 *comb*: **snowball** (see further); **snow-blind(ness)** हिमाच्छादित प्रदेश में बर्फ़ की तेज़ चमक के कारण देखने में असमर्थ(ता), हिमांध(ता), 3 **~-bound** (i) बर्फ़ से घिर जाने के कारण कहीं आने-जाने में असमर्थ, हिमावरुद्ध; (ii) (of road) बर्फ़ के कारण रुका हुआ, हिमावरुद्ध; **~-capped** हिमाच्छादित; **~-drift** हवा के ज़ोर से उड़ती हुई बर्फ़; इस प्रकार राशीभूत बर्फ़, बर्फ़ का ढेर, हिम-टीला; **~drop** सफ़ेद फूलों वाला पौधा-विशेष, गुलचाँदनी, **~fall** हिमपात (की मात्रा); **~-field** सदा बर्फ़ से ढका प्रदेश, हिमक्षेत्र; **~flake** हिमकण, **~-line** वह ऊँचाई जिसके ऊपर बर्फ़ सदा जमी रहती है, हिमरेखा; **snowman** बर्फ़ का पुतला, हिम-मानव; **abominable snowman** (see abominable); **~-slip**=avalanche; **~storm** (वि० तूफ़ान के साथ) भारी हिमपात, बर्फ़ानी तूफ़ान; **~-white** हिमश्वेत

snow^{2} *vi* & *t* 1 (*impers*) **It ~s** बर्फ़ गिरती या पड़ती है, 2 *vt* बर्फ़ से ढक देना या अवरुद्ध करना, **to be snowed up** *or* **in** बर्फ़ से घिर जाने के कारण रुक जाना या बाहर न जा पाना, हिमावरुद्ध हो जाना

snowball स्नोबॉल *n* & *vt* & *i* बर्फ़ की गेंद, हिमकन्दुक; *vt* किसी पर हिमकन्दुक फेंकना, हिमकन्दुक से मारना, *vi* तेज़ी से बढ़ना या फैलना या ज़ोर पकड़ना [The agitation, His popularity, is ~ing]

snowy स्नोइ *a* 1 बर्फ़-सा सफ़ेद, हिमश्वेत, 2 बर्फ़ानी, बर्फ़ीला [~ weather], 3 हिमाच्छादित [~ peaks]

snub^{1} स्नब *vt* & *n* (धृष्टता करने वाले को) झिड़कना, झिड़क कर चुप करा देना, धिक्कारना, फटकारना, दुतकारना, *n* झिड़की, भर्त्सना, फटकार

snub^{2} *a* **~-nosed** छोटी और चपटी नाक वाला, नकचपटा

snuff^{1} स्नफ़ *vi* & *t* & *n* सूँघना, *n* नसवार, सुँघनी [to take a pinch of ~]; **to be up to ~** (*sl*) चुस्त-चालाक होना, समझदार या होशियार होना, भोला-भाला न होना

snuff^{2} *n* & *vt* & *i* बत्ती का जला हुआ भाग, गुल; *vt* (बत्ती का) गुल काटना; **to ~ out** (बत्ती) बुझा देना, गुल करना; *fig* अन्त कर देना [His hopes were ~ed out]; मार देना, वध करना; *vi* **to ~ out** (*sl*) मर जाना

snuffer स्नफ़र *n* 1 नसवार लेने वाला आदमी, 2 बत्ती बुझाने का उपकरण; 3 in *pl* गुल काटने की कैंची

snuffle स्नफ़ल *vi* & *t* & *n* 1 सूँ-सूँ करना, सुड़कना, 2 (ज़ुकाम के कारण या वैसे ही) नाक से बोलना, नकियाना, सानुनासिक उच्चारण करना; *n* 1 सूँ-सूँ, सुड़क, 2 नकिया कर की गई बात-चीत; **~r** *n* नाक से बोलने वाला, नकबोला

snuffy^{1} स्नफ़ि *a* नसवार के रंग का, नसवार-जैसा

snuffy^{2} *a* खीझा हुआ, चिड़चिड़ा, उद्धत, गुस्ताख़

snug स्नग *a* 1 (of house etc) आँधी-पानी और सर्दी से सुरक्षित, आरामदेह, सुखद; 2 (of person) सुरक्षित, आराम से बैठा हुआ, **to lie ~ in bed** गरम बिस्तर में आराम से लेटना, 3 (of income etc) साधारण आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त, अच्छा-ख़ासा

snuggery स्नगरि *n* सुखद स्थान, (वि० घर के मालिक का निजी) गरम और सुखद कमरा या बैठक

snuggle स्नगल *vi* & *t* 1 (गरमाहट के लिए) किसी से चिपट जाना या सट कर लेटना [to ~ up to s.o.], 2 *vt* छाती से चिपका लेना, कस कर आलिंगन करना [to ~ a child close to one]

so सो *adv*, *conj*, *int* & *pron.* I *adv* 1 ऐसे, इस प्रकार, इस तरह [Stand so], **So be it** तथास्तु, 2 समान रूप से, ऐसे ही, इसी प्रकार (से), 3 इतना [He is not so old], 4 लगभग [a week or s.o.], 5 **~ far** (i) अब तक, (ii) इस हद तक; **so far so good** यहां तक तो ठीक काम हुआ है या अच्छी प्रगति हुई है, 6 **and (so forth and) ~ on** इत्यादि, इत्यादि, वग़ैरा, वग़ैरा, 7 **~ long!** (*colloq*) (तब तक के लिए) विदा! 8 **~ that** इस तरह कि, जिससे कि, ताकि [Speak ~ that you are understood]; **~ as to** इस तरह कि [Speak ~ as to be understood], II *conj* इस लिए; अतः, परिणामस्वरूप [You came late, and ~ you were marked absent], III *interj* बहुत, अति, अत्यन्त [So kind of you! I am so glad!]; IV *pron* 1 यह, वह, ऐसा ही, यही [I think, hope, suppose, so]; **Quite so!** यही बात है! बहुत अच्छा!; **~ to say** मानो, गोया, यों कहिये या समझिये कि, 2 **so-and-so** अमुक या फ़लां या फ़लाना काम या वस्तु [He tells me to do so-and-so]; अमुक पुरुष या स्त्री [Mr. or Mrs. so-and-so]; 3 **so so, so-so** *adj* न बहुत अच्छा न बहुत बुरा; बहुत साधारण [Business is so so *or* so-so]; **or so** या इसके लगभग [a kilo or so will do]; **~-called** *a* तथाकथित, नाम का [a ~-called doctor]; कहने को, कहने के लिए [~-called improvements]

soak सोक *vt* & *i* & *n* 1 पी लेना, चूसना,

सोखना [It ~s (up) water], 2भिगोना, गीला करना, तर-बतर करना [to ~ sth (in sth)], 3 *vi* (of moisture etc) में घुसना, व्याप्त होना [to ~ **in, through,** sth], 4 *sl* बहुत शराब पीना; बहुत पीते रहना; *n* 1 गीला करने वाला द्रव, तरी, नमी, 2 *sl* पियक्कड़; ~**age** *n* गीला करना या होना, नमी, सील, सीड़; ~**er** *n* 1 पियक्कड़, 2 भारी वर्षा; ~**ing** *a* तर-बतर करने वाला

soap^1 सोप *n* 1 साबुन; **soft ~** (*fig*) चापलूसी; 2 *comb*: ~**-bubble** साबुन का बुलबुला; ~**-case,** ~**-dish** साबुनदानी, ~**-nut** रीठा, ~**-stone** सेलखड़ी, घीया-पत्थर; ~**-works** साबुन का कारख़ाना

soap^2 *vt* & *i* साबुन लगाना; साबुन मलना

soapy सोपि *a* 1 साबुन-भरा, साबुन-मिला, 2 साबुन-जैसा, साबुनी [~ taste]; 3 (of person or his talk) चापलूस, मृदुभाषी; चिकना-चुपड़ा

soar सॉर *vi* 1 बहुत ऊँचा उड़ना, ऊँची उड़ान भरना, 2 बढ़ना, चढ़ना [prices, rents, are ~ing], 3 हवा में तैरना [~ing eagle, glider, etc]

sob सॉब *vi* & *t* (-bb-) & *n* 1 सिसकना, सिसकी भरना, 2 *vt* सिसकते हुए कहना [to ~ out sth]; *n* सिसकी

sober^1 सोबर *a* 1 जिसने शराब न पी रखी हो, अप्रमत्त, जो होश में हो, **as ~ as a judge** बिल्कुल होश में, संतुलित-स्वभाव, धीर-गंभीर, 2 कभी शराब न पीने वाला, 3 संयमी, मर्यादा में रहने वाला. 4 समझदार, शान्त, गंभीर, संजीदा, 5 ~ **fact** वास्तविक तथ्य, ठीक या सच्ची बात (न कि मनगढ़न्त); **in ~ fact** वस्तुत:; 6 (of colour) जो शोख़ न हो, हल्का, सादा, 7 सन्तुलित, मर्यादित, ठीक [~ estimate], 8 *comb*: ~**-minded** गंभीर, संजीदा, शान्तस्वभाव; ~**-sided** *a* गंभीर, सौम्य, ~**-sides** *n* मर्यादा में रहने वाला आदमी, गंभीर या सौम्य व्यक्ति

sober^2 *vi* & *t* 1 होश में आना या लाना; शान्त हो जाना या करना; 2 to ~ **down** *or* **up** होश में आना; शान्त होना; जोश ठंडा पड़ना या करना; ~**ness** *n*=sobriety

sobriety स-ब्राइअटि *n* 1 गंभीरता, संजीदगी, 2 आत्मसंयम; संयतता, संतुलन, 3 होश, होश-हवास

sobriquet F सोब्रिके *n* (व्यक्ति या स्थान आदि का) उपनाम, विशेष नाम, *e.g.* the Saint of Sabarmati *for* Mahatma Gandhi; the Eternal City *for* Rome

soccer सॉकर *n*=Association football (see association)

sociability सोश-बिलिटि *n* मेल-मिलाप रखने का स्वभाव, मिलनसारी

sociable सोश-बल *a* 1 मिलनसार, मेल-मिलाप वाला, लोगों में उठने-बैठने वाला, बात-चीत में रुचि लेने वाला, 2 (of meeting etc) मैत्रीपूर्ण, दोस्ताना, अनौपचारिक

social सोशल *a* 1 (of animals, birds) झुंड या समुदाय में रहने वाला, यूथचर, यूथचारी; ~ birds पास-पास घोंसले बनाने वाले पक्षी; ~ plants साथ-साथ और घने उगने वाले पौधे, 2 (of man) समाज में रहने वाला, समाजप्रिय, सामाजिक [Man is a ~ animal]; 3 मिलनसार, 4 समाज का, समाज के प्रति, समाज-संबंधी, सामाजिक [~ life, problems, duties, etc]; ~ **contract** *or* **compact** सब के समान हित के लिए व्यक्तियों का परस्पर सहयोग करने का इकरार, सामाजिक संविदा; ~ **reformer** समाज-सुधारक; ~ **service** समाज-सेवा; ~ **welfare** समाज-कल्याण, ~ **worker** सामाजिक कार्यकर्ता; **a ~ evening** *or* **gathering** सांध्य गोष्ठी, सायं-समागम, सायं-समारोह, सांध्य मेला; 5 ~ **disease** रतिरोग, गुप्त रोग, the ~ **evil** (*arch*) वेश्यागमन; *n*=social evening (see **above**)

socialism सोशलिज़म *n* यह आर्थिक सिद्धान्त कि समाज या राष्ट्र के हित को सर्वोपरि माना जाये और व्यक्ति के हित को गौण; समाज के हित में व्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने का सिद्धान्त, समाजवाद

socialist सोशलिस्ट *n* & *a* समाजवादी

socialistic सोश-लिस्टिक *aa* (see prec) समाजवादी; **socialistically** *adv* समाजवाद के (सिद्धान्तों के) अनुसार

socialization सोशलाइ-ज़ेशन *n* (see foll) 1 समाजीकरण, राष्ट्रीकरण, 2 लोगों से मेल-मिलाप

socialize सोशलाइज़ *vt* & *i* 1 समाज के नियन्त्रण में लाना, समाजवादी सिद्धान्तों पर चलाना; 2 लोगों से मेल-मिलाप रखना, मिलनसार होना, 3 समाजीकरण करना, राष्ट्रीकरण करना

society ससाइअटि *n* 1 समाज, राष्ट्र, लोग, 2 (High) society समाज का उच्च वर्ग, अभिजात वर्ग; 3 (*attrib*) ~ **lady** *or* **woman** उच्चवर्गीय महिला, 4 सभा, समाज, संस्था, मंडली [a co-operative ~]; 5 समागम, समारोह, मेला, पार्टी [He avoids ~]; 6 संग, संगति, साथ, साहचर्य [I enjoy, avoid, his ~]

sociological सोसिअ-लॉजिकल *a* समाजशास्त्रीय, सामाजिकीय

sociologist सोसि-ऑल-जिस्ट *n* समाजशास्त्री, समाजविज्ञानी

sociology सोसि (*or* सोशि)-ऑल-जि *n* समाज के विकास और विधि-विधान का अध्ययन, समाजशास्त्र, समाजविज्ञान, सामाजिकी

sock^1 सॉक *n* 1 जुर्राब, मोज़ा, **Pull your ~s up** (*colloq*) यत्न करो; **Put a ~ in it** (*sl*) चुप हो जाओ; 2 (of shoe) पाताबा

sock^2 *vt* & *n* (*sl*) फेंकना, फेंक कर मारना [to

~ a brick at s.o.], **to ~ it to s.o.** किसी पर जबरदस्त प्रहार करना, *n* पत्थर आदि की चोट, मुक्के आदि का प्रहार, घूंसा [Give him ~s]

socket सॉकिट *n* (किसी वस्तु को बैठाने या उसके घूमने के लिए बनी) खोखली जगह, कोटर, गड्ढा, ख़ाना, ख़ोल, साकेट; **eye-~** नेत्र-कोटर

socle सॉकल *n* (*archit*) (मूर्ति आदि की) चौकी, पीठिका, कुर्सी; चौकी के नीचे की सिल

Socratic सक्रैटिक *a* & *n* सुकरात का (अनुयायी), **~ method** प्रश्नोत्तर या शास्त्रार्थ (का तरीका)

sod सॉड *n* & *vt* 1 घास और जड़ों समेत धरती की ऊपरी परत, तृणभूमि की परत; **under the ~** कब्र में, 2 ऐसी परत का उखाड़ा हुआ टुकड़ा, तृणी ढेला; *vt* (धरती पर) तृणी ढेले बिछाना

soda सोड: *n* 1 सोडियम का एक मिश्र (esp. sodium carbonate or bicarbonate), सोडा, 2 (also **~-water**) सोडा, सोडा-वाटर, खारा पानी, 3 **washing ~** (*i.e.* sodium carbonate) कपड़े धोने का सोडा; cooking, baking, soda (*i.e.* sodium bicarbonate) खाने का सोडा

sodden सॉडन *a* 1 (of field) गीला, तर-बतर, आर्द्र; 2 (of bread) अधपका, चिपचिपा, 3 पिचपिचा, (शराब का आदी होने के कारण) सुस्त और बुद्धू (प्रतीत होने वाला)

sodium सोडिअम *a* 1 चांदी-जैसी सफ़ेद धातु जो पानी में जल उठती है, सोडियम, 2 **~ chloride** नमक; **~ lamp** (पीली रोशनी देने वाला) विद्युत्-दीप, सोडियम लैम्प

sodomite सॉडमाइट *n* लौंडेबाज; **sodomy** सॉडमि *n* लौंडेबाज़ी

soever सो-ऍवर *adv* कुछ भी; कितना भी, in any way so-ever किसी भी तरीके से; how great soever it may be चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो

sofa सोफ़: *n* तीन-चार लोगों के बैठने या एक के सोने की गद्देदार बेंच, सोफ़ा

soffit सॉफ़िट *n* (*archit*) महराब या छज्जे आदि की निचली तरफ़, तला, अवतल

soft^1 सॉफ़्ट *a* & *n* 1 नरम, कोमल, मुलायम [as ~ as butter; ~ skin], 2 गीला, बरसाती [~ weather, a ~ day], 3 कमज़ोर, दुर्बल, दबैल, पौरुषहीन, भीरु [The national character has gone ~], 4 धुंधला, अस्पष्ट [~ outline], 5 जो शोख़ न हो, हल्का, सादा, सूफ़ियाना [~ colours]; न चौंधियाने वाला, हल्का [~ light]; 6 सदय, दयार्द्र, सहानुभूतिपूर्ण, नरम [Has a ~ heart], 7 *phonet* ऊष्म; घोष [~ consonants]; 8 **~ drink** मदिरारहित पेय, शरबत आदि; **~ job** आराम की नौकरी; **~ goods** कपड़ा, कपड़े का माल; **~ palate** तालु का पिछला भाग; कोमल तालु; **~ water** मीठा पानी, मृदु जल (जो क्षार आदि से रहित होने के कारण पीने या खाना पकाने के उपयुक्त होता है), 9 *comb*: ~-headed, ~-witted बुद्धू, नीम पागल, **~ landing** अन्तरिक्ष-यान आदि का कुशलपूर्वक या आराम से उतरना, सकुशल अवतरण, **~ line** समझौता करने का रवैया, नरम रवैया (cf. hard line), **~pedal** *vi* & *t* हल्की आवाज़ निकालना [to ~pedal the piano etc], *fig* हलका करना, कम महत्त्व देना, पर कम ज़ोर देना [to ~-pedal a fact, statement, etc], **~ sawder** *n* & *vt* चापलूसी (करना), **~-spoken** मृदुभाषी; **~ware** कम्प्यूटर के लिए लिखित सामग्री, चार्ट आदि; मृदु सामग्री

soft^2 *n* बुद्धू, भोंदू

soften सॉफ़न *vt* & *i* 1 नरम करना या होना, 2 दुर्बल करना या होना, हिम्मत हारना, 3 दयार्द्र करना या होना; पसीजना, 4 (of voice) धीमा करना या होना; 5 (of pain etc) कम करना या होना; 6 **~ing of the brain** (*path*) (रोग या बुढ़ापे के कारण) मस्तिष्क का विकृत होना, मस्तिष्क-विकार

softie, softy सॉफ़्टि *n*=soft^2

softness सॉफ़्टनिस *n* (see soft) 1 नर्मी, कोमलता, चिकनापन, 2 गीलापन, आर्द्रता, ढीलापन, 3 दुर्बलता, पौरुषहीनता, भीरुता [~ of character], 4 अस्पष्टता, धुंधलापन, 5 मूर्खता, भोंदूपन

soggy सॉगि *n* गीला, गीला-सीला, तर-बतर, पानी से भरा हुआ

soho सहो *int* अरे मिल गया ! लग गया पता !

soil^1 सॉइल *n* 1 धरती, भूमि, ज़मीन, 2 धरती की ऊपरी परत (जिसमें पौधे उगते हैं), मिट्टी, मृदा, मृत्तिका, 3 **one's native ~** अपने देश की धरती, जन्मभूमि; **sons of the ~** इसी धरती की सन्तान, यहीं जन्मे लोग (*also see* son), 4 ~ conservation मिट्टी-संरक्षण, ~ erosion मिट्टी का कटाव, ~ science मृदा-विज्ञान

soil^2 *vt* & *i* & *n* 1 गन्दा या मैला करना [~ed linen, book]; गन्दा या मैला होना [stuff that ~s easily]; 2 अपवित्र या दूषित करना, 3 कलंकित करना; 4 **to ~ one's hands** (*fig*) हाथ गंदे करना, गंदा काम करना, *n* धब्बा, दाग़, निशान

soil^3 *vt* (ढोरों को) ताज़ा हरा चारा खिलाना

soirée F स्वारे *n* (संगीत, वार्तालाप आदि के लिए) सांध्य समागम, सांध्य गोष्ठी, सांध्य मेला

sojourn सॉजर्न *vi* & *n* (कुछ दिनों के लिए) ठहरना, टिकना, निवास करना [to ~ in a place, with s.o.], *n* (थोड़े दिन का) निवास; **~er** *n* बाहर से आकर ठहरा हुआ व्यक्ति, प्रवासी, यात्री

sola सोल: *n* उष्ण देशों का सरकण्डे-जैसा पौधा; ~ topi, ~ hat (उष्ण देशों में काम आने वाला) टोप

solace सॉलिस *n* & *vt* 1 सांत्वना, दिलासा; 2 आराम, सुख, शान्ति [found ~ in religion], 3 जिस बात या वस्तु से आराम या सुख मिले या

जी बहले [tobacco, the poor man's ~]; *vt* 1 सांत्वना देना, दिलासा देना, जी बहलाना, **to ~ oneself with** sth से सांत्वना या शांति प्राप्त करना, 2 आराम देना या पहुचाना

solanum सो-लेनम *n* आलू, बैंगन आदि जाति के बड़े-बड़े पौधे जो सजावट के लिए उगाये जाते हैं, सोलेनम

solar सोलर *a* & *n* 1 सूर्य का, सूर्य-संबंधी, सौर, **~ day** सौर दिवस; **~ eclipse** सूर्यग्रहण, 2 **~ system** सूर्य तथा समस्त ग्रह, नक्षत्र आदि, सौर जगत्, सौर परिवार, 3 **~ plexus** आमाशय के पीछे का तन्त्रिका-जाल; 4 *n* = solarium (see foll)

solarium सोलें'अरिअम *n* धूप तापने या सूर्य-किरणों से चिकित्सा करने का कांच का कमरा, सौरचिकित्सा-कक्ष

solarize सोलराइज़ *vt* (*photog*) बहुत देर तक प्रकाश में रख कर चित्र के काले भागों को कुछ-कुछ सफ़ेद तथा सफ़ेद को कुछ-कुछ काला करना, प्रकाश में रखना

solatium सोलेशिअम *n* सांत्वना या क्षतिपूर्ति के लिए दी गई वस्तु या रकम, सांत्वना-उपहार, हरजाना, मुआवजा

solder सॉ'ल्डर *n* & *vt* 1 धातु को जोड़ने वाली मिश्रधातु, राँगा, टाँका, टाँके का मसाला, झाल, 2 *fig* संबध पक्का करने का साधन, *vt* जोड़ना, टाँका लगाना, झालना; **~ing-iron** टाँका लगाने के लिए गरम करके प्रयुक्त छड़, टाँकिया

soldier सोल्जर *n* & *vi* 1 सिपाही, सैनिक, **फ़ौजी, योद्धा,** 2 old ~ (i) पुराना सैनिक, (ii) अनुभवी व्यक्ति; **~ of fortune** भाड़े पर किसी भी देश की ओर से लड़ने को तैयार सिपाही, भाड़े का सिपाही, 3 सेनानायक, सेनानी [a great, fine, poor, ~]; *vi* फ़ौज में नौकरी करना, सिपहगरी करना; **~-like** *a*, **~ly** *a* & *adv* सैनिकोचित, सैनिकों के अनुरूप; सिपाहियाना; सिपाही की भांति

soldiery **सोल्जरि** *n* (देश या प्रदेश के) कुल सैनिक, सेना, सैनिक दल

sole^1 सोल *n* & *vt* (पैर का) तलवा, (जूते का) तला, तल्ला, (रन्दे, छकड़े आदि का) अधोभाग, तला, *vt* (जूते आदि में) तला या तल्ला लगाना

sole^2 *n* एक प्रकार की चपटी मछली

sole^3 *a* 1 एकमात्र, एक ही [his ~ reason is this], 2 अकेले का, अनन्य [his ~ right], 3 the ~ management समस्त प्रबन्ध, 4 **feme ~** (see feme); **solely** *adv* अकेले ही, एकमात्र [~ly responsible], केवल

solecism सोलिसिज़म *n* 1 व्याकरण या मुहावरे की ग़लती, व्याकरणविरुद्ध प्रयोग, अशुद्ध प्रयोग, 2 ~ in conduct आचरण-दोष, आचरण या व्यवहार की भूल, अशिष्टता; **solecist** सॉ'लिसिस्ट *n* अशुद्ध प्रयोग करने वाला

solemn सॉ'लम *a* 1 विधिपूर्वक किया हुआ, विधिवत् [~ sacrifice, feast], 2 महत्त्वपूर्ण, माहात्म्य का [a ~ occasion], 3 पावन, पवित्र, धार्मिक [~ duty], 4 वास्तविक [~ fact], ~ promise सच्चा वादा, 5 गंभीर, संजीदा, शान्त [to keep a ~ face], 6 आडम्बरपूर्ण, शानदार, ठाठ-बाट का, 7 मन्द [~ pace], 8 रहस्यमय, एवं प्रभावोत्पादक [~ silence]; **~ly** (सॉ'लम्-लि) *adv* 1 सच्चे दिल से, सत्यनिष्ठा से [I ~ly affirm], 2 विधिवत्, 3 धूम-धाम से, 4 गंभीरता से

solemnity स-लें'म्निटि *n* 1 धार्मिक कृत्य, संस्कार, **अनुष्ठान,** 2 समारोह, उत्सव, मेला, 3 धूम-धाम, ठाठ-बाट, 4 महत्त्व, माहात्म्य, गौरव, **अहमियत** [~ of an occasion], 5 गंभीरता, **संजीदगी** [~ of behaviour]

solemnization सॉ'-लम्नाइ-ज़ेशन *n* (see foll) (संस्कार का) विधिवत् सपादन

solemnize सॉ'लम्नाइज़ *vt* 1 (उत्सव आदि) मनाना, धूम-धाम से मनाना, 2 (संस्कार) निष्पन्न करना, संपन्न या संपादित करना [to ~ the marriage ceremony], 3 महत्त्व या गौरव प्रदान करना [to ~ an occasion]

solenoid सोलिनॉ'इड *n* (*electr*) बिजली से काम करने वाला कुंडलित तार का बना चुम्बक, कुंडलित-चुम्बक

solicit स-लिसिट *vt* & *i* 1 मांगना, याचना करना [to ~ a favour, votes], 2 के लिए प्रार्थना-पत्र देना [to ~ a post], 3 विनती करना, प्रार्थना करना, अनुरोध करना, आग्रह करना [to ~ s.o. to do sth], 4 (of prostitute) सरे बाज़ार (पुरुष को) संभोग के लिए ललचाना, फंसाने का प्रयत्न करना; *vi* प्रार्थना या याचना **करना** [to ~ for sth]; **~ation** सलिसि-टेशन *n* याचना, प्रार्थना, विनती, अनुरोध, आग्रह

solicitor स-लिसिटर *n* 1 सलाहकार वकील (जो प्राय: अदालत में स्वयं पेश नहीं होता), न्यायाभिकर्ता, सोलिसिटर, 2 प्रार्थी

solicitous स-लिसिटस *n* 1 तैयार, तत्पर, उत्सुक, [~ to do sth]; पाने का इच्छुक, अभिलाषी [~ of sth], 2 चिन्तित, चिन्तातुर [~ **about** sth]; ख़्याल रखने वाला [~ **for** s.o.'s comfort]

solicitude स-लिसिट्यूड *n* 1 उत्सुकता, इच्छा, चाह, 2 चिन्ता, फ़िक्र, ध्यान, ख़्याल, परवाह [Your ~ for my welfare]

solid सॉ'लिड *a* & *n* 1 जो तरल न हो, सघन, ठोस [~ food], 2 दृढ़, पक्का, मज़बूत [~ furniture, foundations], 3 युक्तियुक्त, ठीक, विश्वसनीय, मान्य [~ argument], 4 *geom* त्रिविमीय, घन, 5 **a ~ man** (i) समझदार या विश्वसनीय आदमी, (ii) अमीर या पैसे वाला आदमी, 6 जो खोखला या छिद्रिल न हो, संहत, सान्द्र, 7 निरन्तर, लगातार, पूरा [to sleep, work, for six ~ hours], **8 to go** *or* **be ~ for sth** सब का (संयुक्त रूप से) किसी बात के पक्ष में होना, **9 a ~ vote** (किसी के पक्ष में) सभी का मत, सर्वमत, सर्वसम्मति, *n* (*geom*) घन, घनाकृति (*e.g.* a cube); **~ly** सॉलिड्लि *adv* **1** दृढ़तापूर्वक, मज़बूती से, संगठित रूप से, **2** to vote ~ly for sth किसी बात के पक्ष में सब का वोट देना

solidarity सॉलि-डैरिटि *n* एकता [to work for national ~], ऐक्य, संगठन, भ्रातृभाव, परस्पर सहानुभूति, मिल कर काम करने की भावना

solidification **स-लिडि-फ़ि-केशन** *n* घनीकरण, घनीभवन

solidify स-लिडिफ़ाइ *vt* & *i* **1** ठोस बनाना या बनना, **2** जमाना या जमना

solidity स-लिडिटि *n* **1** ठोसपन, घनत्व, घनता, मज़बूती [the ~ of a structure], **2** संहति, सान्द्रता, **3** विश्वसनीयता, प्राभाणिकता [the ~ of an argument]

solidungulate सलि-डङ्ग्युलट *a* ठोस खुर वाला, एकशफ, अश्वजाति का

soliloquize स-लिल-क्वाइज़ *vi* (f. foll) अपने आप से बातें करना, स्वगतभाषण करना, स्वगत कथन करना

soliloquy स-लिलक्वि *n* (वि० नाटक के पात्र का) स्वगत, स्वगत कथन या उक्ति या भाषण

soliped सॉलिपेंड *a*=solidungulate

solitaire सॉलिटेंअर *n* एक नग वाली वाली या अन्य आभूषण; आभूषण में लगा अकेला नग; एक आदमी के लिए ताश या गोलियों का खेल

solitariness **सॉलिटरिनिस** *n* **1** अकेलापन, एकाकीपन, **2** निर्जनता

solitary सॉलिटरि *a* & *n* **1** (of birds etc) अकेला (न कि समूह में) रहने वाला, एकचर [~ ants, bees], **2** एकान्तवासी, बिना संगी-साथी के, अकेला, एकल, एकाकी [~ person, life, walk], **3** एकान्त, सुनसान, निर्जन [~ place], **4** एकमात्र, अकेला, एक ही [~ instance], **5 ~ confinement** एकान्त कारावास, *n* एकान्तवासी व्यक्ति, साधु, संन्यासी, वैरागी

solitude सॉलिटयूड *n* **1** एकाकीपन, अकेलापन, **2** एकान्त, एकान्त स्थान, तनहाई, निर्जन स्थान, सुनसान जगह

solmizate सॉल्मिज़ेट *vi* (*mus*) सरगम बोलना

solmization सॉल्मि-ज़ेशन *n* सरगम का अभ्यास; सरगम

solo सोलो *n* (*pl* ~s; *or* in sense 1 *soli*), *a* & *adv* **1** अकेले व्यक्ति द्वारा या एक वाद्य पर गाया गया गीत, एकल गीत या संगीत, एकल वादन; एकल नृत्य, सोलो, **2** अकेले विमान-चालक द्वारा उड़ान, एकल उड़ान, *a* अकेले बजाने का [~ violin]; एकल [a ~ flight]; *adv* अकेले [to play, fly, ~]

soloist सोलोइस्ट *n* अकेला गाने या बजाने वाला, एकल गायक, सोलो-गायक, सोलो-वादक

Solomon सॉल-मन *n* ईसा-पूर्व (दसवी शताब्दी में) इज्राईल का बादशाह सुलेमान (जिसे सब से बुद्धिमान् मनुष्य माना जाता था); बुद्धिमान् आदमी; **is no ~** (*iron*) मूर्ख है

solstice सॉल्स्टिस *n* **1** सूर्य के भूमध्यरेखा से दूरतम पहुंचने का समय (जब कि वह लौटने से पहले रुका सा प्रतीत होता है), अयनान्त; **summer ~** (*i.e.* about 21st June) कर्क-संक्रान्ति; **winter ~** (*i.e.* about 22nd Dec) मकर-संक्रान्ति; **2** (also solstitial point) सूर्य के भूमध्यरेखा से दूरतम जाने का स्थान, अयन-सीमा, अयनबिन्दु

solstitial सॉल्स्टिशल *a* (f. prec) अयनान्त का, अयनान्त-संबंधी

solubility सॉल्युबिलिटी *n* घुलनशीलता, विलेयता

soluble सॉल्युबल *a* **1** घुलनशील, विलयशील, विलेय [~ **in** water etc], **2** (of problem) जिसे हल किया जा सके, समाधेय; *math* साधनीय

solute सॉल्यूट *n* घुला हुआ पदार्थ, विलीन (पदार्थ)

solution स-ल्यूशन *n* **1** द्रवीकरण, विलयन, **2** घोल, strong ~ गाढ़ा घोल, weak ~ पतला घोल; **(rubber) solution** (रबड़ की चीज़ों को जोड़ने के लिये) रबड़ का घोल, सलूशन, **3** (समस्या का) समाधान, हल, उपाय, तरीका, **4** (प्रश्न, पहेली का) हल, उत्तर, जवाब, **5** भंग, अलग-अलग हो जाना, **~ of continuity** (*surg*) (हड्डी टूटने पर) ऊतकों का विघटन

solvability *n* समाधेयता; *math* साधनीयता; **solvable** सॉल्वबल *a* समाधेय; *math* साधनीय

solve सॉल्व *vt* **1** (समस्या, गुत्थी, कठिनाई का) समाधान करना, सुलझाना, हल करना, (कठिनाई) दूर करना [to ~ a problem, difficulty], **2** (प्रश्न, पहेली) हल करना, उत्तर निकालना

solvency सॉल्वन्सि *n* (ऋण-)शोधक्षमता

solvent सॉल्वन्ट *a* & *n* **1** दूसरे पदार्थ को अपने में घोलने में समर्थ, घोलने वाला, विलायक [Water is the commonest ~], **2** (of businessman) ऋण चुकाने में समर्थ, (ऋण-)शोधक्षम; *n* विलायक द्रव

somatic स-मैटिक *a* शरीर का, शारीरिक, कायिक, दैहिक [f *Gk* soma = body]

somatology सोम-टॉल-जि *n* देहविज्ञान, शरीरविज्ञान, शरीरशास्त्र

sombre सॉम्बर *a* **1** अंधेरा, अन्धकारपूर्ण, काला [a ~ sky], **2** अन्धकारमय, निराशाजनक, निराशापूर्ण [~ prospect], **3** उदास, शोकमग्न, निराश

some सम *a*, *pron* & *adv* **1** कोई (अनिर्दिष्ट या अज्ञात), कोई भी [Ask ~ experienced person]; ~ day किसी दिन, ~ time किसी

समय; 2 कुछ, थोड़ा, तनिक, ज़रा [Take ~ water]; after ~ time थोड़ी देर (के) बाद; 3 कई, काफ़ी, बहुत [~ years ago]; ख़ासा [That is ~ help], 4 (U.S.) अच्छा, बड़ा; मामूली नहीं [He is ~ doctor]; *pron* 1 कुछ लोग, कोई, कई [~ agree with us, and ~ disagree], 2 कुछ (There are plenty of apples. Take some!]; *adv* लगभग [S~ 20 people came]

somebody सम्बडि *n* or *pron*, 1 कोई आदमी, कोई व्यक्ति, 2 (also in *pl* somebodies) बड़ा आदमी [He thinks he's somebody]

somehow सम्हाउ *adv* 1 किसी भी तरह, जैसे भी हो [Get it done ~], जैसे-तैसे, 2 न जाने कैसे, न जाने क्यों [S~ or other I never liked him]

someone सम्वन *pron*=somebody (not in *pl*)

somersault समर्सॉल्ट *n* & *vi* 1 कलाबाज़ी, ढेंकली, पलटा; **to turn a ~** कलाबाज़ी खाना, 2 *fig* बहुत बड़ा परिवर्तन, काया-पलट, *vi* 1 कलाबाज़ी खाना, 2 *fig* एकदम पलट जाना, बिल्कुल बदल जाना, रंग बदलना

something सम्थिङ्ग *n* 1 कोई (अनिर्दिष्ट) चीज़, कोई बात, कुछ, 2 ख़ास बात, सचाई [There's ~ in what you say]; महत्त्व की चीज़ [Well, that's ~]; 3 कुछ-कुछ, तनिक [He's ~ of a miser], **4 or ~** या कोई और चीज़ [has lost a glove or ~]; **to see ~ of** s.o. थोड़ी देर के लिए या कभी-कभी मुलाकात होना [I see ~ of Mohan these days], **~ like** लगभग [He left ~ like a million]

sometime सम्टाइम *adv* & *a* 1 पहले [He was ~ mayor of Delhi], 2 ~ or other कभी न कभी, 3 किसी समय [~ last year]; *a* भूतपूर्व [the ~ mayor]; ~s *adv* कभी-कभी, यदा-कदा [It is ~s hot and ~s cold]

somewhat सम्व़ॉट *adv* थोड़ा-बहुत, कुछ-कुछ, किसी हद तक [It is ~ difficult]; **more than ~** (*colloq*) बहुत [He was more than ~ perplexed]

somewhere सम्वे़अर *adv* कहीं; **~ or other** कहीं न कहीं; **to get ~** (*sl*) सफलता प्राप्त करना

somite सोमाइट *n* शरीर का भाग, कायखण्ड

somnambulant सॉम्-नैम्ब्युलन्ट *a* निद्राचर; **somnambulate** सॉम्-नैम्ब्युलेट *vi* नींद में चलना-फिरना

somnambulism सॉम्नैम्ब्युलिज़म *n* निद्रा में चलना या कोई काम करना; **somnambulist** सॉम्-नैम्ब्युलिस्ट *n* निद्राचर

somniferous सॉम-निफ़रस *a* निद्राजनक

somniloquence सॉम्-निलक्वन्स *n* नींद में बोलना

somniloquism सॉम्-निलक्विज़म, **somniloquy** सोम्-निलक्वि *nn* = somniloquence

somnolence,-cy सॉम्न-लन्स,-लन्सि *nn* तन्द्रा, ऊँघाई, निद्रालुता; **somnolent** सॉम्नलन्ट *a* तन्द्रालु, निद्रालु, ऊंघता हुआ

son सन *n* 1 पुत्र, बेटा, लड़का, **2 ~ of the soil** (i) खेती करने वाला, किसान, धरतीपुत्र, (ii) देहाती, ग्रामीण, (iii) देश का वासी, प्रदेश का वासी, (also see soil), **3 ~-in-law** दामाद, जामाता, **4 ~ of God** (i) देवता, फ़रिश्ता; (ii) परम भक्त; **the Son (of God)** ईसा; **5 ~ of a bitch** (*vulg*) कुत्ता-कमीना

sonancy सोनन्सि *n* घोषत्व; **sonant** सोनन्ट *a* & *n* 1 आवाज़ करने वाला, सघोष, 2 *gram* घोष (वर्ण)

sonata सनाटः *n* वाद्यसंगीत-रचना, सोनाटा

son et lumière F सॉन्-ए-लूम्येंअर ध्वनि और प्रकाश, एक प्रकार का मनोरंजन जिसमें रात्रि के समय रिकार्ड बजा कर तथा यत्र-तत्र प्रकाश डालकर ऐतिहासिक घटनाओं का सजीव वर्णन किया जाता है

song सॉङ्ग *n* 1 गायन, गाना, **to burst into ~** एकाएक गाने लगना, 2 गीत, गाना; **marching song** कूच का गीत, प्रयाण-गीत, 3 (of bird) चहक, चहचहाहट, कलरव, गीत, 4 काव्य, कविता; **5 to buy** *or* **sell sth for a ~** (*or* **an old ~**) कौड़ियों के मोल खरीदना या बेचना; **6 ~-bird** गायक पक्षी; **~-book** गीतांजलि

songster सॉङ्ग्स्टर *n* 1 गायक, गवैया, 2 गायक पक्षी, 3 कवि; 4 (fem) **songstress** गायिका; कवयित्री

sonic सॉनिक *a* 1 ध्वनि का, **2 ~ bang** *or* **boom** विमान की गति के ध्वनि की गति से बढ़ने के समय होने वाला धमाका; ध्वनिक धमाका; **~ barrier** लगभग ध्वनि की गति से चलने वाले विमान के प्रति वायु की बेहद रुकावट, वायु-प्रतिरोध; **~ mine** जहाज़ की आवाज़ से फटने वाली (बारूदी) सुरंग; ध्वनि-सुरंग

soniferous स-,सॉ-निफ़रस *a* 1 ध्वनिजनक, 2 ध्वनि का संचार करने वाला, ध्वनिसंचारक

sonnet सॉनिट *n* चौदह पंक्तियों की अंग्रेज़ी कविता, चतुर्दशपदी, सानेट

sonny सनि *n* बालक को प्यार से बुलाने का शब्द, बेटा, मुन्ना

sonorous सनॉरस, सॉनरस 1 गूंजने वाला, गूंजता हुआ, गुंजायमान, 2 सुरीला, मधुर, 3 (of speech, style) शब्दाडम्बरपूर्ण, 4 *phys* ध्वानिक, ध्वनि का

soon सून *adv* 1 जल्दी, शीघ्र, थोड़ी ही देर में; **too ~** समय से पहले, बहुत जल्दी, 2 (just) **as ~** ख़ुशी से [I would (just) as ~ stay here], **3 as ~ as**; (esp. with *neg*) **so soon as** ज्यों ही ··· त्योंही, उसी क्षण, **no sooner than** ज्यों ही ··· त्यों ही; **no ~er said than done** ज्यों

ही कहा (गया) त्यों ही कर दिया (गया), 4 ~ or late; **sooner or later** कभी न कभी; अन्तत:

soot सुट *n* & *vt* 1 कालिख, 2 काजल, *vt* कालिख लगाना या लीपना

sooth सूथ *n* (*arch*) सच, सचाई, **in (good) ~** सचमुच, वास्तव में

soothe सूद *vt* 1 शान्त करना, आराम देना, दिलासा देना, ढारस बंधाना, 2 (पीड़ा, दु:ख) कम करना, हल्का करना, 3 रिझाना, खुशामद करना [to ~ s.o.]; to ~ s.o.'s vanity किसी के अभिमान की तृप्ति करना; **soothing** *a* शान्तिदायक, सांत्वनादायक, आराम पहुंचाने वाला, सुखद

soothsay सूथ्से *vi* भविष्यवाणी करना; **~er** *n* भविष्यवक्ता, दैवज्ञ

sooty सुटि *a* (f. soot) कालिख-जैसा, कालिख से भरा, काला

sop सॉप *n* & *vt* & *i* 1 शोरबे में भिगोया हुआ रोटी का टुकड़ा, 2 =milksop; 3 ख़तरनाक पशु या व्यक्ति को खुश करने के लिए दी गई वस्तु; रिश्वत, घूस, मुँह-भराई (also see milk *n* and Cerberus); *vt* 1 (रोटी आदि) शोरबे में भिगोना, 2 सोख लेना [to ~ up water etc], 3 *vi* भीगना, तर-बतर होना [I am ~ping with rain; my clothes are ~ping wet]

sophism सॉफ़िज़म *n* भ्रम में डालने के लिए दिया गया तर्क, मिथ्यातर्क, हेत्वाभास; **sophist** सॉफ़िस्ट *n* 1 मिथ्यातार्किक, कुतर्की, 2 दो-मानी बात करने वाला, वाक्छली. 3 प्राचीन यूनान में दर्शन और अलंकारशास्त्र का अध्यापक

sophistic(al) स-फ़िस्टिक(ल) *aa* 1 मिथ्यातर्क करने वाला, मिथ्यातार्किक, 2 भ्रम में डालने वाला, कुतर्कपूर्ण, कुतर्कात्मक

sophisticate^1 स-फ़िस्टिकेट *vt* 1 मिथ्यातर्क से (विषय का) प्रतिपादन करना, 2 (व्यक्ति को) मिथ्यातर्क द्वारा भ्रम में डालना या बहकाना, 3 (व्यक्ति की) रुचि परिष्कृत करना, व्यवहारकुशल बनाना, 4 in *pp* (यन्त्र को) आधुनिक, जटिल एवं अति कार्य-साधक बनाना, परिष्कृत करना, 5 (मूलपाठ में) फेर-बदल करना, 6 (शराब आदि में) मिलावट करना; **~d** *a* 1 परिष्कृत रुचिवाला, 2 व्यवहारकुशल, घाघ, 3 (of weapon) अति आधुनिक एवं जटिल, अति परिष्कृत

sophisticate^2 *a* & *n* 1 परिष्कृत रुचि वाला (व्यक्ति); 2 व्यवहारकुशल (व्यक्ति)

sophistication सफ़िस्टि-केशन *n* (see prec) 1 परिष्कार; 2 नफ़ासत; 3 कुतर्क का प्रयोग

sophistry सॉफ़िस्ट्रि *n* 1 मिथ्यातर्क, कुतर्क, वाक्छल, वितण्डा [to indulge in ~], 2 मिथ्यातर्क करने का स्वभाव, कुतार्किकता

soporiferous सॉप-रिफ़रस *a*=foll

soporific सॉप-रिफ़िक *a* & *n* निद्राजनक या स्वापक (औषध)

soppy सॉपि *a* 1 बहुत गीला, तर-बतर; 2 *colloq* भावुकता का ढोंग करने वाला, भावुक, मुग्ध, मोहित, लट्टू [to be ~ on s.o.]

sopranist सप्रानिस्ट *n* (see foll) उच्चतम स्वर में गाने वाला बालक या स्त्री

soprano सप्रानो *n* (बालक या स्त्री का) उच्चतम स्वर

sorb सॉर्ब *n* एक फलदार पेड़; **~(-apple)** इसका फल

sorcerer सॉर्-सरर *n* जादूगर, ओझा, टोनहा, **अभिचारक,** अभिचारी, *fig* मोह लेने वाला पुरुष; **sorceress** *n* जादूगरनी, ओझाइन, टोनहाई, *fig* मोह लेने वाली स्त्री, मोहिनी

sorcery सॉर्सरि *n* जादू, टोना, ओझाई, अभिचार

sordid सॉर्डिड *a* 1 कंजूस, कृपण, 2 ओछा, नीच, अधम, कमीना, 3 घृणित, घिनावना, कुत्सित, 4 *bot*, *zool* (of colours) मैला

sordino सॉर्-डीनो *n* वाद्ययन्त्र की ध्वनि मन्द करने का उपकरण, अवमन्दक

sore सॉर *a* & *n* & *adv* 1 (of parts of body) दुखता हुआ, सूजा हुआ, जिसमें दाह या जलन हो, दाहयुक्त; ~ **eyes** दुखती आँखें; **a sight for ~ eyes** नयनाभिराम दृश्य; **~ throat** गले की सूजन या ख़राश, गलदाह, 2 दु:खी, खिन्न, खीजा हुआ [~ at heart; ~ about sth], 3 दु:खद [a ~ subject]; 4 *poet* अत्यन्त, घोर, सख़्त [in ~ distress; **in ~ need of** sth], *n* 1 (शरीर की) दुखती हुई जगह, घाव, व्रण, फोड़ा, 2 *fig* दु:खद विषय, दु:खदायक बात, दु:खद स्मृति; **to reopen an old sore** दु:खद स्मृति को जगाना, पुराना घाव ताज़ा करना; *adv* (*arch*) अत्यन्त, अतिशय, बुरी तरह से [~ distressed, oppressed]

sorely सॉर्लि *adv* अत्यन्त, बुरी तरह से, सख़्त [~ wounded]; **soreness** सॉर्निस *n* 1 शोक, दु:ख, पीड़ा, दर्द, खीज, झुंझलाहट, 2 दु:खदता, कटुता

sorghum सॉगम *n* ज्वार, बाजरा, चरी आदि, सोरगम

sorites सराइटीज़ *n* (*pl* same) *log* 1 संक्षिप्त मालानुमान, संक्षिप्त तर्कमाला, 2 कुतर्क, हेत्वाभास

sororicide स-रॉरिसाइड *n* 1 भगिनी-हत्या, 2 भगिनीघातक

sorrel^1 सॉरल *n* खट्टे-मीठे पत्तों वाली बूटी-विशेष, खट्टी-मीठी

sorrel^2 *a* & *n* लाख के रंग का, लाखी, कुम्मैत, *n* लाखी पशु, वि० लाखी घोड़ा, लाखी, कुम्मैत

sorrow सॉरो *n* & *vi* 1 शोक, विषाद, रंज, 2 दु:ख, व्यथा, मुसीबत, विपत्ति, 3 विलाप, रोना-धोना [His ~ was loud and long], 4 पश्चात्ताप, अनुताप, पछतावा, अफ़सोस, खेद, 5 **~-stricken** शोक-संतप्त; *vi* 1 शोक करना, शोक

मनाना [to ~ **at, over, for,** sth], 2 विलाप करना [to ~ **after, for,** s.o.]; **~ful** *a* 1 शोकमग्न, दु:खी, 2 (of news) दु:खद

sorry सॉरि *a* 1 दु:खी, पछताता हुआ, खेद या अफ़सोस करने वाला; I am ~ to hear it; am ~ about your accident मुझे यह सुनकर, तुम्हारी दुर्घटना का सुनकर, दु:ख हुआ, 2 शोचनीय [in a ~ plight], 3 अभागा [a ~ fellow], 4 घटिया [a ~ jest], असंतोषजनक [a ~ excuse], 5 **to cut a ~ figure** (see figure^{1}, 5)

sort^{1} सॉर्ट *n* 1 वर्ग, जाति, किस्म, तरह [what ~ of tree is it?], 2 प्रकार, तरह [all ~s of men]; **Nothing of the ~** (i) ऐसी कोई चीज़ या बात नहीं है, (ii) I shall do nothing of the ~ मैं यह काम बिल्कुल नहीं करूंगा; 3 **~ of** (*colloq*) गोया [I ~ of expected it], 4 **a ~ of** peace, peace **of a ~**, *or* (*colloq*) peace **of ~** तथाकथित शान्ति (न कि पूर्ण या वास्तविक शान्ति); coffee of a ~ बहुत साधारण काफ़ी; 5 **in some ~** कुछ हद तक, 6 **to be out of ~s** किंचित् अस्वस्थ होना, तबीयत ख़राब होना, 7 *print* टाइप का अक्षर

sort^{2} *vt*, & *i* 1 अलग-अलग वर्गों में रखना, वर्गीकरण करना, छांटना [to ~ (out) articles, to ~ letters], 2 बहुत सी चीज़ों में से (एक तरह की) चीज़ें चुनना, चुन कर अलग करना, छांटना, हटाना [to ~ **out** the bad ones]; 3 *colloq* सुलझाना, हल करना, आपसी गलतफ़हमी आदि दूर करना [You can ~ that (*or* your problem) **out** when **you meet him,** can ~ that **out** yourselves]; **sorter** *n* छांटने वाला, छंटाईकार, सार्टर

sortie सॉर्टि *n* 1 (घिरी हुई सेना का) आक्रमणार्थ बाहर निकल आना, धावा, 2 (सैनिक विमान की) आक्रमणार्थ उड़ान

sortilege सॉर्टिलिज *n* पासा फेंक कर भविष्य का पता लगाना, भविष्य-कथन, रमल

sortition सॉर्टिशन *n* (भविष्य जानने के लिये) पर्चियां डालना, रमल (विद्या)

sorus सॉरस *n* (*bot*) बीजाणुपुंज

SOS एसो-एस=(save our souls) 1 (बेतार द्वारा) घोर संकट का सन्देश, 2 लापता व्यक्ति के नाम अपने मरणासन्न संबंधी से मिलने की अपील (जल्दी पहुंचो), 3 निराश व्यक्ति की अपील, गुहार, गोहार

sot सॉट *n* & *vi* (-tt-) पक्का शराबी; *vi* शराब की लत होना; **sottish** सॉटिश *a* 1 शराब के नशे में चूर, धुत्त, 2 शराबी-का सा

sotto voce सॉटो वोचि *adv* धीमे स्वर में

souchong सूशॉङ् *n* चीन की बढ़िया काली चाय

soufle सूफ़ल *n* (हृदय, फेफड़े आदि में होने वाली) हल्की मर्मर-ध्वनि

sough साउ, सफ़ *n* & *vi* (हवा की) सरसराहट, सांय-सांय; *vi* सांय-सांय करना, सरसराना

soul सोल *n* 1 आत्मा, जीवात्मा, 2 मन, अन्त:करण, अन्तरात्मा [My ~ revolts **from** it], 3 प्राण, जान [He is the soul of the party], 4 दिवंगत आत्मा, प्रेतात्मा, प्रेत, 5 व्यक्ति, आदमी [not a ~ to be seen for miles around]; good ~ भला आदमी, poor ~! बेचारा!, 6 मूर्त्त रूप, मूर्त्ति, अवतार; **He is the ~ of honour** वह कोई नीच काम नहीं कर सकता, वह सौजन्य की मूर्ति है, 7 *comb*: **~-killing** जड़ बना देने वाला [~-killing job]; **~-searching** अपने अन्त:करण या दिल को टटोलना; **~-stirring** आत्मा को झकझोरने वाला, जोश दिलाने वाला; **~ful** *a* 1 भावनामय, भावपूर्ण, भावनाओं को उत्तेजित करने वाला [~ful music], 2 भावुक; **~less** *a* 1 निर्जीव, निष्प्राण, 2 भावनारहित

sound^{1} साउन्ड *a* & *adv* 1 स्वस्थ, नीरोग, तन्दुरुस्त, भला-चंगा, ठीक [a ~ mind in a ~ body], 2 जो गला-सड़ा न हो, जो ख़राब न हो, अच्छा, अच्छा-भला [~ fruit, timber], 3 सही, ठीक, तर्कसंगत, युक्तियुक्त, दोषरहित [~ argument, doctrine, policy], 4 समझदार; समझदारी का, 5 (of person, firm, etc), ऋणशोधक्षम, साख वाला, 6 ~ sleep गहरी नींद; ~ sleeper गहरी नींद सोने वाला; ~ thrashing ख़ूब मरम्मत, अच्छी पिटाई, *adv*. ~ asleep गहरी नींद सोया हुआ

sound^{2} *n* 1 ध्वनि, आवाज़, स्वर, नाद, शब्द, आहट, 2 *fig* किसी बात या बयान से मन में बनने वाली धारणा, प्रतीति, I don't like the ~ of it मुझे यह ठीक या अच्छा या उपयुक्त नहीं लगता; 3 ध्वनि-विज्ञान, 4 श्रवण-सीमा, आवाज़ की पहुंच की हद, **within** (the) sound of . . . की आवाज़ की पहुंच के अन्दर, 5 *comb*: ~ **barrier** = sonic barrier, ~-box (तन्त्रीवाद्य की) ध्वनि-पेटी; **~-proof** ध्वनिरोधी, ध्वनिरोधक; **~-track** (सिनेमा फ़िल्म की) ध्वनि-पट्टी, **~-wave** ध्वनितरङ्ग

sound^{3} *vi* & *t* 1 बजना [The trumpet ~s], 2 लगना, प्रतीत होना [The excuse sounds hollow], 3 *vt* ध्वनि पैदा करना, बजाना [to ~ the trumpet], 4 घंटी बजा कर सूचना देना, की घंटी बजाना [to sound, an alarm, the retreat], 5 का उच्चारण करना, बोलना, 6 (ध्वनि से) जांचना, परीक्षा करना [to ~ lungs etc]

sound^{4} *vt* & *i* 1 (जलाशय की) गहराई नापना, थाह लेना; जहाज के माल के कमरे में भरे पानी की गहराई नापना, 2 (सलाई से) मूत्राशय आदि की जांच करना, 3 किसी का विचार या इच्छा जानने के लिए उससे बड़े ढंग से पूछना, किसी का दिल टटोलना [to ~ **s.o. about, on,** sth], 4 *vi* (of whale) डुबकी लगा कर समुद्रतल में चला जाना

sound^5 *n* जलडमरूमध्य

sounder साउन्डर *n* (f. sound^4) जलाशय की गहराई नापने का उपकरण, थाहमापी, पनसाल

sounding^1 साउन्डिङ्ग *a* (of style etc) शब्दाडम्बरपूर्ण (also high-~, *q.v.* under **high** III)

sounding^2 *n* (f. sound^4, 1) **1** गहराई नापना; **2** (in *pl*) ~**s** तट से इतना निकट स्थान कि वहां समुद्र की गहराई नापी जा सके [to be in, out of, ~s], **3** ~**-rod** जहाज़ के माल के कमरे में पानी की गहराई नापने की छड़ी

soup सूप *n* & *vt* **1** शोरबा; **2 to be in the** ~ (*sl*) कठिनाई या मुश्किल में फंसना; *vt* **to** ~ **(up)** (*colloq*) (मोटर-कार आदि के इंजन की) शक्ति बढ़ाना [a ~ed-up car]

soupçon F सूप्सों *n* तनिक मात्रा, पुट [Add a ~ of garlic]

sour साउर *a* & *vi* & *t* **1** खट्टा, तुर्श, अम्ल [~ fruit], **2** ख़मीरा [~ bread], बुसा हुआ, **3** (of soil) बहुत गीला, तर-बतर, **4** (of person, temper) चिड़चिड़ा, कर्कश, बदमिज़ाज, **5** रूखा, कटु, **to go** *or* **turn** ~ खट्टा हो जाना; *fig* बिगड़ना, ख़राब हो जाना; *vi* & *t* **1** खट्टा या ख़मीरा होना या करना, **2** चिड़चिड़ा बनना या बनाना [His temper has ~ed], **3** नाराज़ करना; ~**ness** *n* **1** खट्टापन, **2** चिड़चिड़ापन

source सॉर्स *n* **1** (नदी का) स्रोत, उद्भव या उद्गम स्थान; चश्मा, सोता, **2** *fig* उद्भव, स्रोत [~ of happiness], मूल, जड़, मूलकारण [~ of misery]; **at** ~ मूल स्थान पर [The income-tax is deducted at ~], **3** पुस्तक या व्यक्ति आदि जिससे कोई जानकारी मिले, सूत्र, **reliable** ~ विश्वस्त सूत्र; ~ **material** ग्रन्थ आदि सामग्री जिससे जानकारी मिले, जानकारी का सूत्र, आधार-सामग्री

souse^1 साउस *n* & *vt* & *i* **1** अचार, **2** सूअर के मांस का अचार, **3** ग़ोता, डुबकी; to get a ~ तर-बतर होना, *vt* & *i* **1** अचार में डालना, **2** पानी में डालना या पड़ना, भिगोना या भीगना, (चीज़ पर) पानी डालना या फेंकना [to ~ water over sth]

souse^2 *adv* (*dial*) एकाएक, अंधाधुंध

soutache F सूताश *n* बालों में गूंधने का फ़ीता, चोटी, रिबन

soutane F सूतान = cassock

spread^{1} स्प्रेड *vt* & *i* 1 फैलाना [to ~ the wings], खोलना [to ~ the sails], 2 (*fig*) to ~ education शिक्षा का प्रचार या प्रसार करना; to ~ terror आतंक फैलाना, to ~ the news, the rumour ख़बर या अफ़वाह फैलाना, 3 बिछाना [to ~ a net, sheet, bedding], 4 पर बिछाना, से ढकना [to ~ a surface **with** sth], 5 छितराना, बिखेरना [to ~ the sand]; 6 लगाना [to ~ butter **on** a slice of bread]; 7 **to ~ out** goods for sale बिक्री के लिए माल लगाना, 8 *vi* फैलना (*lit* & *fig*) [the river ~s out; the news, the fire, the disease, his fame, is ~ing]; प्रचार या प्रसार होना [Education, the belief, is ~ing], 9 *comb*: **~-eagle** *n* पंख फैलाये हुए उकाब का चित्र; **~-eagle** *vt* (i) (व्यक्ति को उसके) हाथ-पैर फैला कर बांधना, (ii) बुरी तरह हराना

spread^{2} *n* 1 फैलाव, वितान, चौड़ाई या लंबाई [the ~ of a bird's wings], 2 विस्तार, लंबाई-चौड़ाई [the ~ of the country], 3 प्रचार, प्रसार [the ~ of education, ideas, etc], 4 बिछाने का कपड़ा, पलंगपोश, मेज़पोश आदि [bed-~]; 5 डबल-रोटी पर लगाने का पनीर, मुरब्बा

आदि [cheese-~]

spree स्प्री *n* **1** शराब का दौर, आनन्दोत्सव, रंगरलियां, **to go out on a ~; to be on the ~** रंगरलियां मनाना, **2** शरारत, उपद्रव, दंगा-फ़साद, हुल्लड़ [students **out on the ~**], **3 buying, shopping, spending, ~** बहुत अधिक ख़रीदारी, फ़ज़ूलख़र्ची का दौर

sprig स्प्रिग *n* **1** कोमल टहनी, **2** (वि० कपड़े पर बना) टहनी के आकार का आभूषण, बूटी, **3** बे-सिर की छोटी कील, **4** (usu. derog) छोकरा, लौंडा [a ~ of (the) nobility]

sprightly स्प्राइट्लि *a* **1** ज़िन्दादिल, खुशमिज़ाज, **2** फुर्तीला

spring^{1} स्प्रिङ्ग *vi & t* **1** उछलना, कूदना, लपकना [to ~ up, down, out, etc], **2** कूद कर पार करना, फांदना [to ~ **over** a ditch], **3** (of plant) उगना, फूटना; **4** उत्पन्न होना, पैदा होना [The belief has sprung **up**]; His actions ~ **from** a false conviction उसके आचरण का कारण मिथ्या विश्वास है; **5** झपटना, टट पड़ना [to ~ **at** s.o.], **6** (of water) फूट निकलना, **7** एकाएक प्रकट होना, निकल आना, आ टपकना [**Where did you ~ from** ?], **8 to ~ to one's feet** एकाएक उठ खड़ा होना, **9** (of wood) टेढ़ा होना; दरार पड़ना, तड़कना, चिटकना, **10** *vt* एकाएक प्रकट या उत्पन्न या प्रस्तुत करना [to ~ a new theory etc]; **to ~ a surprise on** s.o. किसी को अचानक जा पकड़ना; अप्रत्याशित काम कर दिखाना, अचानक आ धमकना, आकर चौंका देना; **11** विस्फोट करना [to ~ a mine], **12** में दरार डालना **[to ~ a racket]; 13 to ~ a leak** (see leak *n*), **14** (शिकार को) चौंका कर झाड़ियों से बाहर निकालना

spring^{2} *n* **1** वसन्त, बहार (also *fig*), **2** स्रोत, सोता, झरना, चश्मा [hot, mineral, ~s], **3** कूद, छलांग, उछाल [to take a ~], **4** लचक, लोच [**His** muscles have no ~ in them; These mattresses have no ~ in them], **5** (घड़ी का) स्प्रिंग, चक्रिल कमानी, **6** कार्य में प्रवृत्त करने का कारण, प्रेरणा, प्रयोजन, उद्देश्य [the ~s of human action; also see mainspring], **7** मूल, उद्भव, आरंभ [This custom had its ~ in another country], **8** *comb*: **~ balance** कमानीदार तुला; **~ bed** चक्रिल कमानियों से बना पलंग, कमानीदार पलंग; **~-board** गोता लगाने के लिए कूदने का तख़्ता; गोता-तख़्ता, **~ gun** चोर-बन्दूक (जो किसी का पैर उस पर आने से दग़ती है); **~ mattress** कमानीदार गद्दा; **~tide** (प्रतिमास दूज और पूर्णिमा के बाद उठने वाली) बृहत् ज्वार; **~tide** (*poet*) = **~time** वसन्त ऋतु, वसन्तकाल: **~ water** चश्मे का पानी

springe स्प्रिंज *n* (पक्षियों और ख़रगोश आदि छोटे जानवरों को पकड़ने का) जाल, फंदा

springer स्प्रिङ्गर *n* **1** *archit* मेहराब का वह भाग जहां से गोलाई शुरू होती है; इस भाग में लगा सब से निचला पत्थर, उठान-पत्थर, **2** (शिकार को झाड़ियों से बाहर निकालने वाला) कुत्ता (see spring^{1}, 14)

springiness स्प्रिङ्गिनिस *n* लोच, लचक, लचीलापन

springy स्प्रिङ्गि *a* (of movement or substance) लचकदार, लचीला

sprinkle स्प्रिङ्कल *vt & n* **1** छिड़कना [to ~ **water**], बुरकना [to ~ sand, ashes, etc]; पर छिड़कना या बुरकना [to ~ the floor **with** sand]; **2** *fig* थोड़ी-थोड़ी मात्रा में देना या वितरण करना; *n* छिड़काव, छींटा; a ~ of rain बूँदा-बाँदी, छींटा, फुहार

sprinkling स्प्रिंक्लिङ्ग *n* (*fig*) कुछ-एक, इने-गिने, थोड़े-से [There was **a ~ of** foreigners in the procession]

sprint स्प्रिन्ट *vi & t & n* (थोड़ी दूरी तक) बहुत तेज़ दौड़ना [He ~ed 100 yards], *n* छोटी तेज़ दौड़, लघु तीव्र दौड़; **~er** *n* छोटी तेज़ दौड़ दौड़ने वाला

sprit स्प्रिट *n* (*naut.*) पाल-विशेष का लघु डंडा; **~sail** ऐसे डंडे के सहारे फैलाया हुआ पाल, लघु पाल

sprite स्प्राइट *n* परी, फ़रिश्ता; भूत, प्रेत, भूतना

sprocket स्प्रॉकिट *n* **1** पहिये के उन दाँतों में से एक जो (साइकिल आदि की) जंजीर के छिद्रों में फसते-निकलते रहते हैं, दाँता, **2 ~-wheel** दाँतेदार पहिया या चक्र, दन्तचक्र

sprout स्प्राउट *vi & t & n* **1** (of plant, branch) उगना, फूटना, निकलना, (of seed) अंकुरित होना, **2** *vt* (of animal) **to ~** horns के सींग निकलना या फूटना; *n* अङ्कुर, कल्ला; **~ing** *n* अंकुरण

spruce^{1} स्प्रूस *a & vt* स्वच्छ और उपयुक्त वेश-भूषा में, साफ़-सुथरा, बना-ठना, *vt* **to ~ oneself up** बनना-ठनना, शृङ्गार करना

spruce^{2} *n* देवदार जाति का पेड़

sprue^{1} स्प्रू *n* उष्ण देशों का रोगविशेष जिसमें आन्त्रशोथ भी रहता है, संग्रहणी

sprue^{2} *n* (पिघली हुई धातु को सांचे में पहुंचाने की) नाली; (इस नाली में भरी) पिघली हुई धातु

spry स्प्राइ *a.* (~er, ~est) फुर्तीला, चुस्त

spud स्पड *n & vt & i* **1** खुरपा, खुरपी, **2** *sl* आलू; *vt* खुरपी से (घास-पात) निकालना; *vi* (पेट्रोलियम-कूप के लिए) आरंभिक खुदाई करना

spue स्प्यू (see spew)

spume स्प्यूम *n & vi* (समुद्र की) झाग, फेन, *vi* झाग उठना; **spumescence, spuminess** *nn.*

फेनिलता

spumous स्प्यूमस, **spumy** स्प्यूमि *aa* फेनिल, झागदार

spunk स्पङ्क *n* 1 एक प्रकार की अति ज्वलनशील लकड़ी, दियासलाई की लकड़ी, 2 साहस, हिम्मत, जीवट, दिलेरी; ~y *a* साहसी, हिम्मती, दिलेर

spur^{1} स्पर *n* 1 जूते की एड़ी में लगी नाल जिससे सवार घोड़े को एड़ लगाता है, महमेज़, 2 *fig* प्रेरणा, 3 to put *or* set ~s to one's horse घोड़े को एड़ लगाना; to win one's ~s (*hist*) नाइट बनना; नाम कमाना, प्रसिद्धि पाना; to do sth on the ~ of the moment बिना पूर्व विचार के या क्षणिक उमंग या आवेश में आकर तत्काल कर डालना, 4 मुर्गा लड़ाने के लिए उसकी टांग में लगाया जाने वाला नुकीला लोहा, कंट, पदकंट, 5 पर्वतमाला का एक ओर को गया हुआ भाग, पर्वतशाखा, पर्वत-स्कन्ध [Mussoorie is situated on a ~ of the Himalayas]

spur^{2} *vt* & *i* (-rr-) 1 (घोड़े को) एड़ लगाना; to ~ a willing horse चलते घोड़े को एड़ लगाना, 2 प्रेरित करना, उकसाना, उत्तेजित करना [to ~ s.o. on, to action, to do sth], 3 *vi* (of rider) to ~ on घोड़े को तेज़ दौड़ा ले जाना

spurge स्पर्ज *n* (*bot*) थूहड़, थूहर, सेंहुड़

spurious स्प्युअ-रिअस *a* 1 नक़ली [~ drug], 2 जाली, खोटा [~ coin], 3 अप्रामाणिक, झूठा [~ MSS], ~ reading प्रक्षिप्त पाठ, प्रक्षेप, 4 (of child) जारज, हरामी

spurn स्पर्न *vt* 1 ठोकर मारना, दूर हटाना [to ~ sth], 2 ठुकराना, पर लात मारना, पर न थूकना [to ~ an offer]; 3 धता बताना, चलता करना [to ~ s.o.]

spurt^{1} स्पर्ट *vi* & *n* (वि० दौड़ में) एकाएक ज़बरदस्त कोशिश करना, एकाएक तेज़ दौड़ना, चाल तेज़ करना; *n* 1 तेज़ चाल या दौड़, 2 तेज़ी, जोश, लहर [~ of activity]

spurt^{2} *vi* & *t* & *n* (see spirt)

sputnik स्पुट्निक *n* रूसी कृत्रिम भू-उपग्रह, स्पुत्निक [first launched in 1957]

sputter स्पटर *vt* & *i* & *n* 1 तेज़-तेज़ और अस्पष्ट बोलना [to ~ threats, words], गपड़-सपड़ करना, 2 *vi* बोलने में थूक के कण गिराना, 3 (of pen) स्याही गिराना, 4 (गरम करने पर) तड़-तड़ करना, [Sausages ~ed in the pan]; *n* 1 गपड़-सपड़, 2 चट-चट, तड़-तड़

sputum स्प्यूटम *n* (*pl* -ta) 1 थूक, लार, 2 *med* बलग़म, कफ़, खखार

spy^{1} स्पाइ *n* 1 शत्रु की गतिविधि जानने के लिए भेजा गया दूत, गुप्तचर, जासूस, भेदिया, 2 दूसरे के काम पर नज़र रखने वाला आदमी [to be a ~ on s.o.'s conduct]

spy^{2} *vt* & *i* 1 देखना, ताड़ना, पता लगा लेना [spied a horseman approaching]; 2 to ~ out (the land) (इलाका) छानना, अच्छी तरह देखना-भालना, to ~ sth out छान-बीन करके पता लगा लेना, 3 (*vi*) to ~ on s.o. किसी के काम पर नज़र रखना; to ~ on the enemy's movements शत्रु की गतिविधि पर नज़र रखना, 4 *comb*: ~glass छोटी दूरबीन; ~hole (द्वार आदि में से) झांकने का छिद्र, झांकछिद्र

squab स्क्वॉब *a* & *n* गोल-मटोल, नाटा और हट्टा-कट्टा, *n* 1 गोल-मटोल आदमी, 2 कबूतर का बच्चा (जिसके पंख न निकले हों), 3 तकिया, मसनद, (वि० मोटरगाड़ी की सीट का) गद्दा; 4 गद्देदार सोफ़ा

squabble स्क्वॉबल *n* & *vi* छोटा-मोटा झगड़ा, टंटा, कहा-सुनी, तू-तू मैं-मैं; *vi* झगड़ा करना [to ~ with s.o. about sth]; ~r *n* झगड़ालू

squabby स्क्वॉबि *a* (f. squab) गोल-मटोल

squad स्क्वॉड *n* 1 *mil* ड्रिल आदि के लिए एकत्रित कुछ सैनिक; 2 एक काम के लिये नियुक्त कुछ लोग, दल, दस्ता, टुकड़ी; firing ~ गोली मारने वाला दस्ता, जल्लादी दस्ता; वधिक दस्ता, flying ~ (पुलिस का) उड़न-दस्ता; 3 ~ car (U.S.) पुलिस की गश्ती गाड़ी

squadron स्क्वॉड्रन *n* 1 *mil* रेजिमेंट का एक भाग, स्क्वाड्रन, 2 युद्धपोतों का दस्ता, जहाज़ी दस्ता, 3 flying ~ तीव्र जहाज़ी दस्ता, 4 विमान-दस्ता (जिसमें 10 से लेकर 18 तक विमान होते हैं), 5 संगठित दल; 6 ~ leader विमानदल-नायक

squalid स्क्वॉलिड *a* 1 मैला, गन्दा, मामूली, घटिया [~ dwellings]; 2 दीन-हीन, दयनीय [living in ~ conditions], ~ity, ~ness *nn* गन्दापन, गन्दगी; दीन-हीन अवस्था

squall^{1} स्क्वॉल *vi* & *t* (डर या दर्द के मारे) चिल्लाना, चीख़ना, कराहना, *vt* चिल्ला कर कहना

squall^{2} *n* 1 वर्षा या हिमपात के साथ हवा के झोंके, झंझावात, 2 (*fig*) Look out for ~s! ख़तरे या कठिनाई का सामना करने के लिए तैयार रहो, ख़बरदार या चौकस रहो!, ~y स्क्वॉलि *a* आंधी-पानी का, झंझावात का, तूफ़ानी [~y weather]; ~y rain झंझावात-सहित वर्षा

squaloid स्क्वे-लॉइड *a* & *n* हांगर-जैसा; *n* हांगर-जैसी मछली

squalor स्क्वॉलर *n* गन्दगी, दीन-हीन अवस्था, दरिद्रता [born, living, in ~]

squama स्क्वेम: *n* (*biol.*, *pl* -ae) 1 शल्क, 2 शल्क-सदृश पंख या हड्डी

squamose स्क्वेमोस, **squamous** स्क्वेमस *aa* शल्कमय, शल्की

squander स्क्वॉन्डर *vt* 1 (धन का) अतिव्यय करना, अपव्यय करना, फ़ज़ूलख़र्ची करना; 2 (संपत्ति) उड़ा देना; 3 (समय) गंवाना, खोना; ~er *n* अपव्ययी, अतिव्ययी, फ़ज़ूलख़र्च

square^1 स्क्वेॅअर *n* 1 बराबर लंबाई-चौडाई की समकोण आकृति या वस्तु, वर्ग, चौकोर; **back to ~ one** (*colloq*) जहां से चले फिर वहीं लौट आये, तनिक प्रगति न कर पाए; 2 चौकोर घास-का-मैदान (जिसके चारों ओर मकान बने हों); चत्वर, चौक, 3 (चार सडकों से घिरा हुआ) मकानों का समूह, महल्ला, बस्ती, स्क्वेयर; 4 (सैनिकों का) वर्गव्यूह, 5 समकोण बनाने या जांचने का उपकरण (also **T-~**); गुनिया; **out of ~** जो समकोण न हो, विषमकोण; 6 (*arch* except in the given phrase) आदर्श, नमूना, **to act on the square** ईमानदारी या निष्पक्षता से काम करना, 7 (*math*) किसी संख्या को अपने से गुणा करने पर प्राप्त संख्या, वर्ग, वर्गफल [The ~ of 3 is 9]

square^2 *a* & *adv* 1 वर्गाकार, चौकोर [~ table]; 2 (*math*) ~ foot वर्ग फुट; ~ metre वर्गमीटर, **~ root** वर्गमूल [the ~ root of 9 is 3], 3 जिसकी चौड़ाई अपनी लंबाई या ऊंचाई के बराबर हो; a man of ~ frame चौड़ी काठी का आदमी, 4 पूरा, पूर्ण, **a ~ refusal** साफ़ इन्कार, **a ~ meal** भर-पेट भोजन, 5 सुव्यवस्थित, यथाक्रम रखा हुआ, 6 उचित, न्यायोचित, ईमानदारी का, **a ~ deal** उचित, व्यवहार; खरा सौदा, 7 बराबर, **to be ~ with s.o.** बदला लेकर बराबर हो जाना; 8 (of accounts etc) बेबाक, चुकता, **to get ~ with one's creditors** लेनदारों का उधार चुकता करना; 9 *comb*: **~ brackets** गुरुकोष्ठक [ ]; **~-built** चौड़ी काठी का; **~ leg** (*crick*) बल्लेबाज़ की बाईं ओर विकेट की लगभग सीध में खड़ा खिलाड़ी; इस खिलाडी का स्थान; स्क्वेयर-लेग; *adv* 1 समकोण बनाते हुए, आडा, लंब [~ to, with, s:h]; 2 ठीक, ऐन [hit him ~ on the jaw]; ईमानदारी से [I think he plays ~]; **~ly** *adv* 1 न्यायपूर्वक, ईमानदारी से [to act ~], 2 स्पष्टतया, पूर्णरूप से, सर्वथा [We are ~ly behind the Govt. in this matter]; **~ness** *n* 1 वर्गाकार होना, वर्गाकारता; 2 ईमानदारी, निष्पक्षता

square^3 *vt* & *i* 1 वर्गाकार या चौरस बनाना; 2 संख्या को अपने से गुणा करना, वर्गफल निकालना, 3 अनुकूल या अनुरूप बनाना, मेल बैठाना, संगति बैठाना, सामंजस्य स्थापित करना [How do you ~ your actions **with** your principles ?], 4 (ऋण) चुकाना, (हिसाब) चुकता करना, बेबाक करना; **to ~ accounts with s.o.** (*fig*) किसी से बदला लेना; 5 **to ~ the circle** (i) वृत्त के बराबर वर्ग बनाना; वृत्त का वर्गमाप निकालना, (ii) *fig* असंभव काम करने की कोशिश करना; असंभव को संभव कर दिखाना, *vi* 1 अनुरूप या संगत होना, मेल बैठाना,[His practice does not ~ with his principles]; 2 (घूंसेबाज की भांति) मुक्का तानना, **to ~ up to s.o.** मुक्का तान कर किसी की ओर बढ़ना; **to ~ up to a difficulty etc** कठिनाई का डट कर सामना करना (और उसे हल करने का यत्न करना)

squarrose स्क्वॉरोस, **squarrous** स्क्वॉरस *a* (*bot*, *zool*) (शल्क-जैसे उभार के कारण) खुरदरा

squash^1 स्क्वॉश *vt* & *i* 1 निचोडना, (निचोड कर) रस निकालना [to ~ a lemon], 2 कुचलना, पीस डालना, भुरता बनाना, लुगदी बनाना, 3 ठसाठस भरना, ठूंस-ठूंस कर भरना [Don't ~ too many person into the lift], 4 दबाना, दमन करना [to ~ s.o.], 5 *fig* मुंहतोड़ जवाब देकर (किसी को) निरुत्तर कर देना, मुंह बन्द कर देना, 6 *vi* निचोड़ा जाना, 7 दबना, पिसना, 8 सिमट कर घुस जाना [We ~ed through the door into the hall]

squash^2 *n* 1 भुरता; लुगदी, 2 भीड-भाड़, धकापेल, धक्कमधक्का, रेलपेल, 3 फल को निचोड़ कर बनाया गया पेय, शरबत, पानक [lemon-~]; 4 **~** (**rackets**) टेनिस से मिलता-जुलता खेल; **~y** *a* (f. sense 1) भुरते-जैसा, नरम और गीला, पिलपिला

squash^3 *n* कद्दू, पेठा, कुम्हड़ा आदि

squat स्क्वॉट *vi* & *t* (-tt-) *n* & *a* 1 घुटनों को ऊंचा करके और एड़ियों को रानों के पश्चभाग के निकट लाकर बैठना; उकड़ूं बैठना, इस ढंग से बैठना, घुटने मोड़ कर और एड़ियों को चूतड़ों के नीचे दबा कर बैठना; इस ढंग से बैठाना, (in Indian style) पालथी मार कर बैठना या बैठाना, 2 (*colloq*) बैठना, 3 *law* अवैध रूप से अधिकार कर लेना या बस जाना [to ~ upon a piece of land]; *n* 1 पूर्वोक्त प्रकार से बैठने की मुद्रा, उकड़ूं, पालथी, 2 अवैध कब्ज़े की जमीन या जगह; *a* नाटा और हट्टा-कट्टा, गोल-मटोल

squatter स्क्वॉटर *n* 1 पालथी मार कर बैठने वाला, सरकारी जमीन पर बिना अधिकार के बसने वाला आदमी, 2 (ख़ाली जगह या इमारत पर) अवैध कब्ज़ा करने वाला; उपवेशी; 3 (Austral.) सरकार से पशु चराने का अधिकार प्राप्त करने वाला व्यक्ति

squaw स्क्वॉ *n* अमरीकी आदिवासी स्त्री; **~-man** ऐसी स्त्री से विवाह करने वाला गोरा आदमी

squawk स्क्वॉक *vi* & *n* (chiefly of birds) दर्द या डर के कारण चीख़ मारना, *n* 1 चीख, कर्णकटु ध्वनि, 2 (चिल्ला कर की गई) शिकायत, दुहाई

squeak स्क्वीक *vi* & *t* & *n* 1 (चूहे या नये जूते की तरह) चूं-चूं करना, चीं-चीं करना, 2 चरमराना, 3 *vt* तीक्ष्ण स्वर में बोलना; *n* 1 तीक्ष्ण स्वर, 2 चरमराहट, 3 *colloq* बचाव, **to have a (narrow) ~** बाल-बाल बचना; बड़ी मुश्किल से सफल हो पाना, **~y** *a* चीं-चीं करने वाला

squeal स्क्वील *vi* & *t* & *n* 1 (दर्द या डर या

खुशी से) चिल्लाना, (खुशी से) किलकारी मारना, किलकारना, 2 *sl* खूब विरोध करना [to ~ against taxes], 3 *sl* मुख़बिरी करना, 4 *vt* चिल्ला कर कहना; *n* 1 चीख, चीत्कार; किलकारी, 2 (सूअर की) घुरघुराहट

squeamish स्क्वीमिश *a* 1 जिसे जल्दी मिचली आ जाए; to feel ~ मिचली आना, 2 तनिक दोष या त्रुटि न सहन करने वाला, दुस्तोष्य (see fastidious), 3 शिष्टाचार की बारीकियों का ख़्याल रखने वाला; 4 अत्यन्त पापभीरु, ईमानदार

squeegee स्क्वीजी *n* 1 रबड़ का झाड़ू या बुरुश, 2 डेक (deck) या सड़क साफ़ करने का लंबा झाड़ू, 3 *photog* रबड़ का बेलन

squeeze स्क्वीज *vt* & *i* & *n* 1 निचोड़ना [to ~ a sponge, lemon, etc], **~d orange** (*fig*) व्यक्ति आदि जिससे और धन न मिल सके; चुसा हुआ आदमी, 2 दबाना, **to ~ s.o.'s hand** (सहानुभूति या स्नेह जताने के लिए) किसी का हाथ दबाना, 3 पीसना, कुचलना [He was ~d to death in the crowd]; 4 ठूँसना, घुसेड़ना [to ~ sth **into** a box]; to ~ oneself into a room, vehicle, etc जबरदस्ती कमरे या गाड़ी में घुस जाना, 5 दबाव डालना [You may ~ the Govt. to any extent]; 6 चूसना, रुपया ऐंठना [to ~ s.o.; to ~ money out of s.o.], 7 (गीले कागज़ आदि पर सिक्के की) छाप बनाना, *n* 1 दबाव, निचोड़, निष्पीडन, 2 भीड़-भाड़, धकापेल, धक्कमधक्का [it was a (tight) ~], 3 बलपूर्वक वसूली, बलपूर्वक लिया गया धन, 4 (गीले कागज़ आदि पर) सिक्के या पदक की छाप; 5 *econ* (ऋण या पूंजी-निवेश) कम करना, सीमित करना, परिसीमन, प्रतिबन्ध [credit-~]; ~r *n* 1 दबाने का यन्त्र, 2 निचोड़ने का उपकरण [lemon-~r]

squelch स्क्वेल्च *vt* & *i* & *n* (*colloq*) 1 कुचलना, अन्त कर देना, 2 मुँह बन्द कर देना, 3 गाढ़े कीचड़ में चलने की-सी आवाज़ करना, घच-घच करना; *n* घच-घच (की आवाज़)

squib स्क्विब *n* & *vi* & *t* (-bb-) 1 फुलझड़ी, **damp ~** प्रभावित करने का असफल प्रयत्न; 2 (गोला दाग़ने का) पलीता, 3 व्यंग्य-लेख, निन्दालेख, हजो; *vi* व्यंग्य लेख लिखना, हजो लिखना; *vt* व्यंग्य लेख से (किसी को) बदनाम करना

squid स्क्विड *n* घोंघा-जाति का समुद्री जीव-विशेष

squilgee स्क्विल्जी =**squeegee**

squill स्क्विल *n* जंगली प्याज़

squinch स्क्विन्च *n* (चौकोर मीनार के अन्दर की) बगली डाट, पार्श्व-चाप

squint स्क्विन्ट *vi* & *t* 1 भेंगा होना, 2 तिरछी नज़र से देखना, कनखियों से देखना [to ~ at sth], 3 झुकाव या रुझान होना, 4 *vt* (आंखें) अधखुली रखना, 5 जल्दी-जल्दी (आंखें) झपकाना, *n* 1 भेंगापन [He has a ~], 2 तिरछी नज़र, कनखी, 3 तनिक दृष्टिपात, सरसरी नज़र, Let's have a ~ at it, आओ, इसे ज़रा देखें !; 4 झुकाव, रुझान [~ towards a policy]; *a* भेंगा, ऐंचा-ताना; **~-eyed** भेंगा, (*fig*) द्वेष करने वाला, विद्वेषी

squire स्क्वाइअर *n* & *vt* 1 बड़ा ज़मीन्दार, जागीरदार, 2 (स्त्री का) रक्षक अनुचर, 3 **~ of dames** स्त्रैण पुरुष, रंगीला; *vt* रक्षार्थ (स्त्री के साथ) रहना या जाना [to ~ a lady]

squirm स्क्वर्म *vi* & *n* 1 (of worm) बल खाते हुए रेंगना, कुलबुलाना, 2 *fig* झेंपना, परेशान होना, छटपटाना, तड़फड़ाना; *n* तड़फ़ड़ाहट; कुलबुलाहट

squirrel स्क्विरल *n* गिलहरी

squirt स्क्वर्ट *n* & *vt* & *i* 1 पिचकारी, 2 धार [~ of water], 3 **~(-gun)** लकड़ी की खिलौना-पिचकारी; *vt* (पानी आदि की) पिचकारी छोड़ना या मारना, (चूर्ण) बुरकना; *vi* पिचकारी छूटना

stab^{1} स्टैब *vt* & *i* (-bb-) 1 (किसी के) छुरा भोंकना या घोंपना या मारना [to ~ s.o.]; 2 **to ~ s.o. in the back** किसी की पीठ में छुरा भोंकना, *fig* (i) किसी के साथ विश्वासघात करना, (ii) किसी पर तोहमत लगाना, 3 *vi* to **~ at s.o.** छुरा भोंकने को आगे बढ़ना या कोशिश करना

stab^{2} *n* 1 छुरे का प्रहार या वार, 2 छुरे का घाव, 3 मानसिक आघात, व्यथा, पीड़ा, 4 **a stab in the back** (*fig*) धोखे से किया गया आक्रमण, विश्वासघात; झूठा कलङ्क, तोहमत; 5 *colloq* यत्न, कोशिश [I'll have a ~ at it]

stability स्ट-बिलिटि *n* 1 स्थिरता, 2 स्थायित्व, टिकाऊपन, दृढ़ता, मज़बूत, 3 स्वभाव की स्थिरता, संकल्प की दृढ़ता [man of no ~]

stabilization स्टेबिलाइ-ज़ेशन *n* 1 स्थिरीकरण, 2 स्थायीकरण

stabilize स्टेबिलाइज *vt* & *i* 1 स्थिर करना या हो जाना, पक्का करना या होना, जमाना या जमना; 2 स्थायी बनाना या बनना; ~r *n* जहाज़ या विमान का भाग-विशेष (जो उसे डोलने से बचाता है)

stable^{1} स्टेबल *a* 1 न हिलने-जुलने वाला, स्थिर, अचल; 2 जल्दी नष्ट न होने वाला, स्थायी, पक्का, दृढ़, मजबूत, **टिकाऊ**; 3 जो डांवांडोल न हो, दृढ़ निश्चय वाला, दृढ़संकल्प, धीरस्वभाव [a ~ politician] ^{2}

stable^{2} *n* & *vt* 1 अश्वशाला, घुड़साल, अस्तबल, तबेला; 2 एक ही घुड़साल के (घुड़दौड़ के) घोड़े; *fig* मिलते-जुलते लोग, एक ही थैली के चट्टे-बट्टे; 3 **~ manure** लीद की खाद; 4 **to lock the ~-door when the horse is stolen** हानि हो चुकने पर उसकी रोक-थाम करना; का वर्षा जब कृषि सुखाने; *vt* (घोड़ों को) अस्तबल में रखना; **stabling** स्टेबलिङ्ग *n* घोड़ों को ठहराने की व्यवस्था या जगह, अश्वशाला की समाई

stack स्टैक *n* & *vt* 1 (अनाज की पूलियों या सूखी

घास का या पयाल का) अटाला, गंजी, गांज, स्तूप; **~-yard** खलियान, खलिहान, 2 (इंटों का) चट्टा, 3 (सिक्कों की) गड्डी, 4 *colloq* (किसी चीज का) ढेर, अंबार, राशि [He has ~s of money; I have a whole ~ of work to get through], 5 (चिमनियों की) पंक्ति, 6 (इंजन की) चिमनी (also **smoke-~**); *vt* 1 ढेर या अंबार लगाना, चट्टा लगाना, 2 to **~ arms**=to pile arms (see pile *vb* 3)

stadium स्टेडिअम *n* (*pl* **-ia**) 1 खेल का मैदान, स्टेडियम; 2 (विकास की) अवस्था अथवा अवधि, 3 *zool* पतंगे के पंख गिरने के अवसरों के बीच का समय, अन्तरावस्था

staff^1 स्टाफ़ *n* (*pl* **staffs**, exc. *mus*: **staves**) 1 छड़ी, डंडा, लाठी, सोंटा, *fig* सहारा, अवलंब, आधार [Bread is the ~ of life; A son is the ~ of one's old age], 2 (पद या अधिकार का सूचक) दंड, अधिकार-दंड, **pastoral ~** बिशप आदि का अधिकार-दण्ड; 3 डंडा, दंड, **flagstaff** ध्वजदंड; 4 कर्मचारीवर्ग, अमला, teaching ~ अध्यापकगण; editorial ~ संपादकगण. 5 *mil* (कमान-अफ़सर का सहायक अधिकारी वर्ग, स्टाफ़; **~ officer** इस वर्ग का अफ़सर, स्टाफ़ अफ़सर; **General ~** सेनाध्यक्ष के सहायक अधिकारीगण; **staff college** सेना का प्रशासनिक कालिज, 6 *mus* स्वरारोह-सूचक पांच समानान्तर रेखाएं, स्वरलिपि-रेखा; **~ notation** रेखा-स्वरलिपि

staff^2 *vt* कर्मचारी रखना; to be overstaffed, understaffed जरूरत से अधिक अथवा कम कर्मचारी होना

stag स्टैग *n* 1 बड़ा (नर-)हिरन, बारहसिंगा, 2 बधिया सांड़, 3 (St. Ex.) नफ़े पर बेचने के लिए नये शेयर ख़रीदने वाला, स्टैग; 4 **~-party** केवल पुरुषों की गोष्ठी, पुरुष-गोष्ठी

stage^1 स्टेज *n* 1 चबूतरा, 2 राज-मजदूरों के खड़े होने का मचान, पाड़, पाइट, 3 **landing-~** (जहाजी) घाट, 4 मंच, रंगमंच; *fig* नाटक, नाटक-साहित्य, नाट्यकला, **to go on the ~** अभिनेता बनना, to write for the ~ नाटक लिखना, 5 (विकास, प्रगति आदि का) चरण, दौर, (विकास की) अवस्था; अवधि, काल, समय [at this ~ an interruption occurred], 6 (यात्रा का) पड़ाव, मंजिल; दो पड़ावों के बीच की दूरी; to travel by easy ~s थोड़ी-थोड़ी दूरी पर पड़ाव करते हुए यात्रा करना; 7 (*rocketry*) राकेट का इंजनयुक्त खंड (जो ईंधन के ख़तम हो जाने पर शेष राकेट से अलग होकर गिर जाता है); multi-staged rocket बहुखंडी राकेट, 8 *comb*: **~-coach** पड़ाव-पड़ाव पर रुकती हुई दो स्थानों के बीच आने-जाने वाली (चार घोड़ों की) बग्घी, **~craft** नाटक लिखने या खेलने की कला, नाट्यकला, **~ direction** अभिनय-निर्देश; **~ effect** अभिनय से प्रतीत होने वाला प्रभाव, मंचीय प्रभाव; **~ fright** (वि० पहली बार) प्रेक्षकों या श्रोताओं के सामने आने की घबराहट, मंचभीति; **~-manage** सूत्रधार बनना; *fig* (वि० प्रभाव डालने के लिए) आयोजित करना, (प्रभावोत्पादक) ढंग से करवाना [The demonstrations were not spontaneous: They were ~-managed]; **~-manager** सूत्रधार, **~ rights** नाटक-विशेष खेलने का अनन्य अधिकार, अभिनय अधिकार

stage^2 *vt* 1 (नाटक) खेलना, (नाटक का) अभिनय करना, (उपन्यास को) नाटकरूप में प्रस्तुत करना, 2 to ~ a demonstration प्रदर्शन (का आयोजन) करना, 3 **to ~ a come-back** (चतुराई से) पुन: पहले पद पर आ जाना; **~able** *a* अभिनेय

stager स्टेजर *n* old ~ अनुभवी व्यक्ति

stagey स्टेजि =stagy

stagflation स्टैग्-फ़्लेशन *n* मुद्रास्फीति का वह काल जिसमें उत्पादन-वृद्धि न हो, अनुत्पादन-स्फीति (काल) [f. stagnation + inflation]

stagger स्टैगर *vi & t & n* 1 लड़खड़ाना, डगमगाना, 2 हिचकना, हिचकिचाना, झिझकना, 3 *vt* लड़खड़ा देना [He was ~ed by the blow], डगमगा देना, 4 घबरा देना, चक्कर में डालना [The question ~ed him], विस्मित कर देना, धक्का पहुंचाना, 5 टेढ़े-मेढ़े ढंग से रखना, 6 (काम का समय, छुट्टियाँ आदि) भिन्न-भिन्न वर्गों के लिए भिन्न-भिन्न रखना [To ease the transport problem we may ~ the hours of different offices]; अन्तर पर रखना या करना, *n* 1 लड़खड़ाहट, डगमगाहट; 2 सिर-चक्कर; घुमड़ी; **~er** *n* जबरदस्त धक्का या आघात; होश उड़ा देने वाली घटना; (निरुत्तर कर देने वाली) जबरदस्त दलील; **~ing** *adj & n* **~ing blow** लड़खड़ा देने वाला या भयङ्कर आघात; **~ing news** होश उड़ा देने वाली ख़बर; **~ing** *n* अन्तरण, सान्तरण

staging स्टेजिङ्ग *n* 1 (f. stage) (नाटक का) अभिनय, 2 पाड, पाइट; 3 **~ post** (वि० विमान का) मार्ग में रुकने का अड्डा, पड़ाव

stagnancy स्टैग्नन्सि =**stagnation**

stagnant स्टैग्नन्ट *a* 1 (of water) प्रवाहहीन, खड़ा, रुका हुआ, बंधा हुआ, स्थिर, 2 (of life) नीरस, निष्क्रिय, सुस्त, उत्साहरहित, प्रगतिरहित, 3 (of mind) कुण्ठित, 4 (of business) मन्द, मन्दी का

stagnate स्टैग्-नेट *vi* 1 (of water) बहाव रुक जमना, खड़ा या रुका हुआ होना, निश्चल या स्थिर होना, 2 (of life) निष्क्रिय होना, प्रगतिरहित होना, नीरस होना, 3 (of business) मन्द होना, मन्दी होना; **stagnation** स्टैग् नेशन *n* 1 निश्चलता, 2 निष्क्रियता, प्रगतिहीनता, सुस्ती, 3 (व्यापार की) मन्दी

stagy, stagey स्टेजि *a* 1 नाटकीय, अभिनयात्मक, 2 बनावटी, दिखावटी, जो हार्दिक न हो

staid स्टेड *a* धीर-गंभीर, शान्त, सौम्य, संजीदा; ~**ness** *n* गंभीरता, संजीदगी, शान्त स्वभाव

stain^{1} स्टेन *vt* 1 रंग बिगाड़ना, बदरंग करना, गन्दा करना, मैला करना, 2 दाग़ लगाना, धब्बा या निशान डालना [hands ~ed with blood], 3 *fig* कलङ्क लगाना, बट्टा लगाना [to ~ one's name, reputation, etc], 4 (शीशे, लकड़ी आदि पर) रासायनिक विधि से रंग करना, अभिरंजन करना

stain^{2} *n* 1 दाग़, धब्बा, निशान [His bush shirt is covered with tea-stains], 2 कलङ्क [without a ~ on his character], 3 रंजक (द्रव्य), wood-~ लकड़ी रंगने का मसाला

stainless स्टेन्लिस *a* 1 बेदाग़, साफ़, निर्मल, 2 निष्कलङ्क, निर्दोष, 3 ~ **steel** (क्रोमियम-मिश्रित) जंगरोधी इस्पात

stair स्टें अर *n* 1 सीढ़ी, सीढ़ी का डंडा [the top stair], 2 (in *pl*) सीढ़ी, पैड़ी, ज़ीना, निसेनी [met him on the ~s]; 3 **down~s** *adv* निचली मंज़िल पर [He lives downstairs], *a* निचली मंज़िल का [He occupies a downstairs flat]; **upstairs** *adv* & *a* उपरली मंज़िल पर (स्थित); 4 *comb*: ~**case** इमारत का वह भाग जिसमें सीढ़ी हो, सीढ़ी, सोपान-कक्ष, सोपान-कोष्ठ; ~**head** सीढ़ियों का उपरला सिरा, सोपानशीर्ष; ~**way** सीढ़ी

stake^{1} स्टेक *n* & *vt* 1 (सीमा के चिन्हस्वरूप गाड़ा हुआ) खूंटा, खंभा, 2 टेक, थूनी, 3 व्यक्ति को जीवित जलाने के लिए बांधने का खंभा, बलिस्तंभ; *fig* जीवित जला कर मारना [to perish at the ~], 4 **to pull (up)** ~**s** (U.S *colloq*) नौकरी छोड़ देना, शहर छोड़ देना, कहीं और चला जाना; 5 दाँव पर लगा हुआ धन, दाँव, पण, 6 in *pl* (घुड़दौड़ का) इनाम; इनाम के लिए घुड-दौड़ [maiden, trial, ~s], 7 **to have a** ~ **in sth** किसी काम या मामले में आर्थिक लगाव होना, हानि-लाभ का हिस्सेदार होना; 8 **at stake** जिस चीज की बाज़ी लगी हो, (i) दाँव पर (लगा), (ii) जिसका ख़तरा हो, खतरे में [Life itself is at ~; The security of the country itself is at ~]

stake^{2} *vt* 1 खूंटों से सीमा का निशान लगाना, खूंटों से घेरना [to ~ **out, off,** an area], 2 **to** ~ **out, off, a claim** = to peg out a claim (see peg^{2}), 3 दांव पर लगाना या रखना, की बाज़ी लगाना [to ~, ten rupees, one's all, one's life, on an event]

stalactite स्टैलक्टाइट *n* गुफा की छत से टपकते पानी के जमने से बनी अधोमुखी छड़ी, अवरोही शंकु, हिमलुंबी

stalagmite स्टैलग्माइट *n* गुफा की भूमि पर बनी ऊर्ध्वमुखी छड़ी, आरोही शंकु, प्रतिहिमलुंबी

stale^{1} स्टेल *a* 1 (of food) बासी, बुसा हुआ, 2 पुराना [~ news], घिसा-पिटा [~ joke]; जिसकी अवधि बीत गई हो, पुराना [~ claim, cheque], 3 (of athlete) जो (अत्यधिक अभ्यास के कारण) खेलने के योग्य न रहा हो [to go ~]

stale^{2} *vt* & *i* पुराना करना या पड़ जाना, बासी करना या हो जाना

stalemate स्टेल्मेट *n* & *vt* 1 (in chess) शह, ज़िच, 2 बातचीत आदि में गतिरोध, *vt* (खिलाड़ी को) ज़िच करना; *fig* गतिरोध पैदा करना, ठप करना

stalk^{1} स्टॉक *vi* & *t* & *n* 1 शान से चलना, अकड़ कर चलना [to ~ along etc], 2 लुक-छिप कर या दबे पांव (शिकार के पास) जाना, 3 *vt* चुपके-चुपके (शिकार का) पीछा करना, 4 भयङ्कर रूप में फैला होना [Famine ~s the land]; *n* 1 ठाठ की चाल, 2 (शिकार का) अनुसरण; ~**er** *n* लुक-छिप कर शिकार करने वाला; ~**ing-horse** घोड़ा या घोड़े-जैसी आकृति जिसकी आड़ में शिकारी शिकार करता है, आड़ का घोड़ा, छद्माश्व, *fig* अपने असली इरादे को छिपाने का साधन, धोखे की टट्टी, बहाना

stalk^{2} *n* 1 *bot* डंडी, डंठल, वृन्त 2 (शराब के गिलास की) डंडी, 3 (कारख़ाने की) ऊंची चिमनी

stall^{1} स्टॉल *n* 1 अस्तबल या गोशाला में एक पशु बांधने की जगह, खाना, थान; 2 (बाज़ार या मैदान में लगी) छोटी दुकान; (ऐसी दुकान में) माल लगाने की मेज़; 3 (गिरजे में) चौकी, आसन, 4 (थियेटर में) आर्केस्ट्रा के बैठने का स्थान, 5 ~-**feed** *vt* थान पर बांध कर (घोड़े को) मोटा-ताज़ा करना

stall^{2} *vt* & *i* 1 मोटा-ताज़ा करने के लिए (पशु को) थान पर रखना [a ~ed ox], 2 (इंजन, विमान आदि को) बन्द कर देना, रोक देना, 3 *vi* (of horse or cart) धंस जाना; (of motor-engine) ईंधन की कमी के कारण रुक जाना, बंद हो जाना, (of aeroplane) गति कम हो जाने के कारण डोलना

stall^{3} *vi* & *t* 1 (और समय पाने के लिए) प्रश्न का स्पष्ट उत्तर न देना, टाल-मटोल करना; 2 *vt* बाधा या विघ्न डालना, रोक देना, टाल देना [The move has been ~ed], 3 to ~ **off** चालाकी से पीछा छुड़ाना [to ~ off creditors]

stallage स्टॉलिज *n* मंडी में स्टॉल लगाने की जगह, इसका किराया, इसकी इजाज़त

stallion स्टैलिअन *n* प्रजननार्थ पाला हुआ घोड़ा, सांड़ घोड़ा

stalwart स्टॉलवर्ट *a* & *n* 1 हृष्ट-पुष्ट, बलिष्ठ, बलशाली, 2 वीर, बहादुर, दिलेर, साहसी, 3 पक्के इरादे का, दृढ़संकल्प, पक्का [~ supporters]; *n* दल का बहुत बड़ा समर्थक, पक्का पक्षपाती, दिग्गज

stamen स्टेमे न *n* फूल की बीजदानी, पुंकेसर

stamina स्टैमिना *n* बहुत समय तक शारीरिक या मानसिक श्रम करने की शक्ति, दम, क्षमता, सामर्थ्य

staminal स्टैमिनल 1 पुंकेसरीय (from stamen); 2 सामर्थ्यसंबंधी (from stamina)

staminate स्टैमिनट *a* जिसमें केवल पुंकेसर हो, पुंकेसरी

stammer स्टैमर *vi* & *t* & *n* हकलाना, *vt* हकला कर (कुछ) कहना [to ~ out sth], *n* हकलाहट, हकलापन; **~er** *n* हकला

stamp^1 स्टैम्प *vt* & *i* 1 मोहर लगाना, मुद्रांकित करना; ठप्पा लगाना, छाप या निशान या चिन्ह लगाना, 2 (पत्र पर) टिकट लगाना, (अभिलेख पर) टिकट या स्टाम्प लगाना, 3 (धरती पर) पांव मारना या पटकना [to ~ one's foot; to ~ the ground; *vi* to ~ about]; **stamping-ground** (i) जाति-विशेष के पशुओं के एकत्र होने का स्थान, (ii) ख़ास तरह के लोगों के जमा होने का मन-चाहा स्थान [Haridwar, the ~ing-ground of sadhus], 4 (कच्ची धातु को) कूटना, पीसना, 5 to ~ sth **on** the mind, **on** the memory मन में बैठा देना, स्मृति पर अंकित करना, 6 (किसी का गुण आदि) बताना, प्रदर्शित करना [His manners ~ him as a gentleman], 7 ख़तम करना, दबा देना, कुचल देना [to ~ **out** an epidemic, a rebellion]; to ~ **out** the fire पैर मार कर आग बुझा देना

stamp^2 *n* 1 मोहर, मुद्रा [official ~, date-~], मुद्रांक, निशान, छाप, ठप्पा, 2 टिकट, स्टाम्प; **revenue** ~ रसीदी टिकट, 3 (धरती पर) पादाघात, पाँव की पटक, 4 (कच्ची धातु को पीसने की) मुंगरी, 5 लक्षण, छाप [He bears the ~ of genius]; 6 *comb*: **~-collector** (डाक) टिकट-संग्रहकर्ता; **~-duty** स्टाम्प-शुल्क; **~-paper** (कानूनी दस्तावेज़ लिखने का) सरकारी काग़ज़, पक्का काग़ज़; स्टाम्प-काग़ज़

stampede स्टैम्-पीड *n* & *vi* & *t* भगदड़, भागड़, *vi* & *t* 1 में भगदड़ मचना या मचाना, 2 जल्दी करना या कराना

stance स्टैन्स *n* (golf, cricket) हिट मारने के समय खिलाड़ी के खड़े होने का स्थान तथा ढंग, मुद्रा, ठवन [to take up one's ~]; *fig* (मानसिक) रुख़, रवैया, स्थिति

stanch^1 स्टॉन्च *vt* का प्रवाह रोकना [to ~ the blood], (घाव से) खून का बहना बंद करना [to ~ the wound]

stanch^2 स्टांच *a*=staunch

stanchion स्टान्शन *n* & *vt* 1 खंभा, थूनी, टेक, थम, 2 पशु को अस्तबल के ख़ाने में बन्द करने के सीखचे, अरगल; *vt* थूनी या टेक लगाना, अरगल लगाना, (पशु को) बांधना

stand^1 स्टैन्ड *vt* & *i* (stood) I *vi* 1 खड़ा होना, खड़ा रहना; उठ खड़ा होना [to ~ up]; **to ~ on one's own legs** अपने पैरों पर खड़ा होना, किमी पर निर्भर न करना; hair ~s on end रोंगटे खड़े हो जाते हैं, 2 अमुक ऊंचाई का होना, The pillar ~s ten feet high खंभा दस फुट ऊंचा है; 3 होना, स्थित होना [The fort ~s on a hill], 4 Nothing ~s between you and success कोई चीज़ तुम्हारी सफलता में बाधक नहीं है, तुम्हारी मफलता निश्चित है, 5 रुक जाना, खड़ा हो जाना, 6 बना रहना, कायम रहना, ज्यों का त्यों रहना, लागू होना [The objection ~s], 7 स्थिति-विशेष में होना, to ~ convicted अपराधी या मुजरिम ठहराया जाना; **to ~ in need of** की ज़रूरत होना; **I stand corrected** (see correct^1), **to ~ guarantee** ज़िम्मा या ज़िम्मेवारी लेना, ज़ामिन होना या बनना; 8 स्थिति या हालत होना [How do we ~?]; The matter ~s thus मामला इस प्रकार है, बात यों है, **9 to ~ as a candidate** उम्मीदवार खड़े होना, II *vt* 1 खड़ा करना, रखना [Stand the jug on the table], 2 सहना, सहारना, बरदाश्त करना [to ~ cold, the pain, the shock, etc], I cannot ~ him मैं उसे देख तक नहीं सकता, मुझे उसकी सूरत ही से घृणा है; **3 to ~ one's ground** (see ground), 4 **to ~ the test** परीक्षा में पूरा उतरना, **5 to ~ trial** पर मुकदमा चलाया जाना; to ~ s.o. a drink किसी को अपनी गांठ या जेब से शराब या शरबत पिलाना, III (*vt* & *i* with *prepp etc*) **to ~ aside, away, off** अलग रहना, दूर रहना, हट जाना; to ~ **by** (i) तैयार (खड़ा) रहना [The troops are standing by], (ii) (wireless, radio) **Stand by!** सुनने को तैयार रहिए, प्रतीक्षा कीजिए, (iii) साथ देना [to ~ by a person], (iv) पर जमे रहना [to ~ **by** a promise]; to ~ **down** टीम या दल से अलग हो जाना, पद छोड़ देना; (किसी के पक्ष में) चुनाव के मुकाबले से हट जाना; to ~ **for** (i) का समर्थन करना, (ii) का प्रतिनिधित्व करना, (iii) अर्थ या मतलब होना [P.O. stands for postal **order**], (iv) पद का उम्मीदवार होना [to ~ for presidentship; (किसी हलके से) उम्मीदवार खड़ा होना [to ~ for West Delhi]; to ~ **on** सावधानी से (नियम का) पालन करना; to ~ **on ceremony** (see ceremony); **to ~ out** जमे रहना, डटे रहना; **to ~ out against** sth का विरोध करना; to ~ **out in relief** (पृष्ठ भूमि से भिन्न रंग का होने के कारण) अति स्पष्ट दिखाई देना; to ~ **~ over** स्थगित हो जाना; **to ~ to lose** हारना निश्चित होना; you ~ to lose nothing तुम्हें कोई घाटा या नुक़सान नहीं होगा; **to ~ to win** जीतना निश्चित होना; **to ~ to reason** तर्कसंगत होना, to ~ **up against** का विरोध करना, **to ~ up for** का समर्थन करना, to ~ **up to** (विरोधी का) बहादुरी से सामना या मुकाबला करना, IV *comb*: **stand by** ज़रूरत पड़ने पर बरतने के

लिए तैयार रखी चीज; अतिरिक्त व्यक्ति या चीज़, भरोसे लायक व्यक्ति या चीज, सहारा; ~-offish जो मिलनसार न हो; ग़ैर-मिलनसार; ~-up *a* (of a meal) जो खड़े-खड़े खाया जाए; ~-up fight नियमानुसार लड़ाई

stand^2 *n* 1 खड़ा होने का ढंग, to take a firm ~ जम कर खड़ा होना; 2 रुकाव, ठहराव, विराम, **to come to a ~** रुक जाना; **to be brought to a ~** रुकवा दिया जाना; 3 मुकाबला करने की मुद्रा, **to make a ~ against** (the enemy etc) डट कर मुकाबला करना, 4 खड़ा होने की मुद्रा, स्थिति, to take one's ~ near the door द्वार के निकट खड़ा होना, 5 आधार, **to take one's ~** (on a principle etc) सिद्धान्त को (अपने तर्क का) आधार बनाना; सिद्धान्त का सहारा लेना; 6 चीज़ें रखने का आधार, धानी [ink-~; lamp-~; hat-~]; 7 (खुले मैदान में) छोटी-सी दुकान [**fruit-~**; news-~]; 8 गाड़ियां खड़ी करने की जगह, अड्डा [**tonga-~**; cab-~]; 9 (दर्शकों के खड़े होने या बैठने का) मंच, 10 *comb*: ~-**point** *n* (see further); ~**still** *n* (see further)

standard स्टैन्डर्ड *n* 1 झंडा, पताका, ध्वज, ध्वजा, वैजयंतिका, to raise the ~ of revolt विद्रोह का झंडा खड़ा करना; *fig* संघर्ष के लिए लोगों को एकत्र करने का नारा लगाना, to raise the ~ of free trade करमुक्त व्यापार का **नारा** लगाना, 2 मानक, मानदण्ड, मापदंड [~ of weight, measure]; *attrib* मानक, ~ metre मानक मीटर, ~ time देश का सरकारी समय, मानक समय; 3 (अपेक्षित गुण की) कोटि, दर्जा, स्तर, **Your** essay **is up to the ~** तुम्हारा निबन्ध अपेक्षित कोटि का है; **of a high ~** उच्च कोटि का, उत्कृष्ट; **of a low ~** घटिया दर्जे का; निकृष्ट; ~ **of living** रहन-सहन का स्तर, जीवनस्तर; *attrib* आदर्श, नमूने का, प्रामाणिक [~ author, work]; ~ language टकसाली भाषा; 4 सिक्के में सोने या चांदी की अपेक्षित मात्रा, मान; gold ~ स्वर्णमान; 5 कक्षा, जमात, दर्जा; 6 खड़ी टेक, थूनी, 7 *comb*: ~-**bearer** झंडा लेकर (आगे-आगे) चलने वाला, पताकाधारी, वैजयंतिक, *fig* अभियान का नेता, अग्रणी, अगुआ

standardization स्टैन्डर्डाइ-ज़ेशन *n* मानकीकरण

standardize स्टैन्डर्डाइज़ *vt* मानक के अनुसार बनाना, मानकीकरण करना; ~**d** *a* मानकीकृत, मानकित

standing^1 स्टैन्डिङ्ग *n* 1 दर्जा, पदवी [men of high ~]; 2 प्रतिष्ठा, **सम्मान** [men of good ~], 3 साख, मान्यता [~ of a firm], 4 काल, अवधि, अरसा [a dispute, friend, of long ~]; 5 ~ **room** खड़े होने की जगह

standing^2 *a* 1 स्थायी, स्थिर, पक्का; ~ **rule** पक्का नियम; ~ **army** स्थायी सेना (जो युद्ध के लिए तैयार रहती है); ~ **orders** स्थायी आदेश; 2 खड़ा, ~ **water** खड़ा पानी; ~ **crop** खड़ी फ़सल

standpoint स्टैन्ड्पॉइन्ट *n* दृष्टिस्थल; *fig* दृष्टिकोण

standstill स्टैन्ड्-स्टिल *n* रुकाव, विराम, गतिरोध, **to be at, to come to, a ~** रुक जाना, ठप होना या हो जाना, Trade **is at a ~** व्यापार ठप है; *attrib* ज्यों का त्यों रखने का, यथातथ [a ~ agreement]

staniel स्टैन्यल *n* = kestrel

stank स्टैन्क *pt* of stink

stannary स्टैनरि *n* रांगे की खान

stannic स्टैनिक, **stannous** स्टैनस *aa* (*chem*) रांगे का

stanza स्टैन्ज़: *n* पद्य, छन्द

staple^1 स्टेपल *n* & *vt* 1 पत्ती या तार का बना **नोकदार** छल्ला, कुण्डी: स्टेपल, 2 चोर ताले का घर, **3 सीने के काम में आने वाला तार**, सिलाई-तार *vt* 1 स्टेपल से बांधना; 2 तार से सीना या नत्थी करना; **stapling machine** तार से नत्थी करने की मशीन, तार-सिलाईमशीन

staple^3 *n* & *vt* (ऊन, कपास का) रेशा, cotton of long, short, ~ लंबे अथवा छोटे रेशे की कपास; *vt* (ऊन या कपास को) रेशे की लंबाई के अनुसार छांटना

staple^4 *n* & *a* 1 मुख्य उपज [the ~s of a country], मुख्य माल [the ~s of Indian industry], 2 (*fig*) मुख्य विषय, प्रधान तत्त्व [The political situation forms the ~ of their conversation]; *a* मुख्य, प्रधान [~ commodity, food]

star^1 स्टार *n* 1 तारा, सितारा, तारक, नक्षत्र; **shooting ~** उल्का; **to see ~s** (आंख पर चोट लगने से या अन्यथा) तारे-से दिखाई देना; 2 (सितारों द्वारा सूचित) भाग्य; **to be born under a lucky, an unlucky, ~** भाग्यशाली होना अथवा भाग्यहीन होना; **to thank one's ~s** अपने भाग्य को सराहना, 3 *typ* तारकचिन्ह (*); 4 *mil* पदसूचक तारक, 5 **the S~s and Stripes** संयुक्तराज्य अमरीका का राष्ट्रध्वज; **S~s and Bars** संयुक्त-राज्य में सम्मिलित राज्यों का ध्वज; 6 प्रसिद्ध अभिनेता या अभिनेत्री, तारक, तारिका, 7 लब्धप्रतिष्ठ या गण्य-मान्य व्यक्ति [literary ~]; *attrib* (i) मुख्य, प्रधान [~ reporter, player, role, attraction], (ii) ~ **shell** गोला जिसके फटने से शत्रु के मोर्चे पर प्रकाश पड़ता है, प्रकाश-बम, 8 *comb*: ~-**gazing** (i) तारों को देखना, (ii) स्वप्नलोक में विचरना; ~-**lit** जिसमें तारों की रोशनी हो; ~-lit night तारों-भरी रात; ~**light** तारों की रोशनी [He walked home by ~light]; ~-**spangled flag** संयुक्तराज्य अमरीका का राष्ट्रध्वज; **star-wars (programme)** शत्रु के प्रक्षेपास्त्रों

को अपनी धरती पर गिरने से पहले ही अन्तरिक्ष में नष्ट करने के अस्त्र बनाने का अमरीकी कार्यक्रम, प्रक्षेपास्त्रभेदी-अस्त्रनिर्माण कार्यक्रम, अन्तरिक्षी प्रतिरक्षा कार्यक्रम

star^2 *vt* & *i* (-rr-) 1 सितारों से सजाना, 2 तारक-चिन्ह लगाना, तारांकित करना [~red question], 3 *vi* मुख्य (अभिनेता का) पार्ट अदा करना

starboard स्टार्बर्ड *n* & *vt* जहाज या विमान का दायाँ बाजू, दक्षिण पार्श्व, जमना, (*attrib*) **~ side** जमना बाजू, जमना हाथ, *vt* दायें मोड़ना या घुमाना

starch स्टार्च *n* & *vt* 1 अनाजों और आलू आदि में उपलब्ध कार्बोहाइड्रेट (see carbohydrate) जो हमारी खुराक का महत्त्वपूर्ण तत्त्व है, स्टार्च, 2 मण्ड, माँड़, माँड़ी, कलफ़; 3 (*fig*) अकड़, रूखापन, शुष्क स्वभाव, बनावटीपन, औपचारिकता; *vt* कलफ़ या माँड़ी लगाना, कलफ़ देना; **~ed** *a* 1 कलफ़-लगा; 2 रूखा, शुष्क [a ~ed manner]; **~y** *a* स्टार्च-युक्त [~y foods], 1 कलफ़दार, 2 *fig* रूखा, शुष्क, उपचारनिष्ठ, औपचारिक

stare^1 स्टेअर *vi* & *t* 1 (कुतूहल या घबराहट या डर के कारण) आंखें फाड़-फाड़ कर देखना, टकटकी लगाकर देखना, एक-टक देखना [to ~ with surprise]; 2 धृष्टतापूर्वक आंखें गड़ा कर देखना, घूर कर देखना, घूरना [to ~ at s.o.], 3 *vt* **to ~ s.o. out of countenance** किसी को इतना घूरना कि वह आंखें नीची कर ले, किसी को झेंपा देना, to ~ s.o. into silence किसी को घूर कर चुप करा देना, 4 **to ~ s.o. in the face** (i) किसी को घूर कर देखना, (ii) आता दिखाई देना, सिर पर आ जाना [Ruin ~s him in the face]; सामने उपस्थित होना, स्पष्ट दिखाई देना [The facts ~ us in the face]

stare^2 *n* टकटकी, ताक, घूरना

staring स्टेअरिङ्ग *a* 1 घूरता हुआ [~ eyes]; 2 बहुत भड़कीला [~ waistcoat, tie, etc]

stark स्टार्क *a* & *adv* 1 अकड़ा हुआ, कड़ा, सख़्त [He lay ~ in death]; 2 नितान्त, निरा [~ madness], *adv* नितान्त, सरासर, बिल्कुल [~ mad]; ~ naked बिलकुल नंगा, नंग-धड़ंग

starling^1 स्टार्लिङ्ग *n* छोटा पक्षी विशेष, तिलियर

starling^2 *n* (पुल के पाये के इर्द-गिर्द बना) पुश्ता

starry स्टारि *a* (f. star) तारामय, ~ night तारों-भरी रात; **~-eyed** *a* (*colloq*) स्वप्नद्रष्टा, उत्साही किन्तु क्रियाहीन

start^1 स्टार्ट *vi* & *t* 1 (दर्द या आश्चर्य से) उछल पड़ना [to ~ from one's chair], 2 चौंकना [He ~ed at the sound of my voice]; to **~ aside** उछल या चौंक कर एक ओर हो जाना, 3 (of timber, tooth, etc) अपनी जगह से हिलना, खिसकना; 4 यात्रा शुरू करना, रवाना होना, चल पड़ना [we ~ at six], (यात्रा या कोई काम) शुरू करना, आरंभ करना [**to ~ on a journey, to ~ on a new book**], 5 शुरू होना [And then the trouble ~ed]; 6 (of engine) चलना, चलने लगना; 7 to ~ **up** एकाएक उठ खड़ा होना, पैदा होना [Many difficulties, factories, rivals, have ~ed up]; 8 to ~ **with** (i) पहली बात यह है कि, एक तो, (ii) आरंभ में [We had only six members to ~ with], 9 *vt* (काम) शुरू करना [to ~ work, doing sth], 10 शुरू करना, चलाना, प्रवर्तित करना, स्थापित करना [to ~ an enterprise, a newspaper], 11 (काम में) प्रवृत्त करना, (काम पर) लगाना [to ~ s.o. in business, on a career], 12 to ~ a clock घड़ी चलाना, to ~ an engine इंजन चालू करना, to ~ a fire आग लगाना, 13 दौड़ शुरू करने का संकेत देना [to ~ the runners], 14 (शहतीर, दाँत आदि को) हिलाना, ढीला करना, खिसकाना, 15 (छिपे हुए शिकार को) बाहर निकालना (see rouse, 1); 16 **to ~ something** (*colloq*) शरारत करना, मुसीबत खड़ी करना

start^2 *n* 1 आकस्मिक गति, चौंक; to wake with a ~ चौंक कर (जाग) उठना; **to give s.o. a ~** चौंका देना (also see 6 below); 2 (in *pl*) **starts** रुक-रुक कर होने वाली गति या कोशिश, **by fits and ~s** (see fit,^{1} 4), 3 यात्रा का आरंभ, कूच, प्रस्थान, प्रयाण, रवानगी [to make an early ~], 4 (कार्य का) आरंभ, शुरू, शुरुआत; **The meeting got off to a good, bad, start** बैठक की शुरुआत अच्छी, बुरी, हुई, **at the ~** आरंभ में, 5 दौड़ आरंभ करने का स्थान, 6 (दौड़ में दी गई) रियायत, सुविधा; to give s.o. a ~ of 60 yards, 15 seconds—60 गज की रियायत देना अर्थात् व्यक्ति-विशेष 60 गज आगे से दौड़ शुरू करे; 15 सैकंड की रियायत देना अर्थात् व्यक्ति-विशेष 15 सैकंड पहले दौड़ शुरू करे; 7 **to get the ~ of s.o.** (also *fig*) शुरू में ही किसी से आगे होना या बेहतर स्थिति में होना

starter स्टार्टर *n* 1 आरंभकर्ता, प्रवर्तक, 2 दौड़ शुरू करने का संकेत देने वाला, संकेतक, निर्देशक, 3 (दौड़ में भाग लेने वाला) प्रतियोगी अथवा घोड़ा; 4 *mech* गाड़ी का इंजन चालू करने का उपकरण, स्टार्टर

starting स्टार्टिङ्ग *n* **~-place** दौड़ आरंभ करने का स्थान, आरंभ (-स्थान); **~-post** आरंभ-स्थान पर लगा खंभा, प्रस्थान-खंभा

startle स्टार्टल *vt* 1 एकाएक डरा देना, भयभीत कर देना, सहमाना, चौंकाना, 2 आश्चर्यचकित करना, हक्का-बक्का या भौंचक्का करना, स्तंभित करना

startling स्टार्टलिङ्ग *a* 1 चौंकाने वाला, भयावह, भयप्रद, सनसनीपूर्ण [~ news, event]. 2 आश्चर्यचकित करने वाला, अत्यन्त आश्चर्यजनक [~ resemblance, fact, etc]

starvation स्टार्-वेशन *n* 1 अन्न या भोजन का अभाव, अनशन, उपवास, फ़ाक़ा [to die of ~], 2 भुखमरी [~ deaths]; 3 ~ diet अपर्याप्त आहार

starve स्टार्व *vi* & *t* 1 भूखों मरना, 2 भूखा रहना, 3 दरिद्रताग्रस्त होना, 4 *colloq* बहुत भूख लगना [I'm starving], 5 *fig* का भूखा होना, तरसना [to ~ for knowledge, recreation], 6 *vt* भूखों मारना; भोजन न देना, बहुत कम भोजन आदि देना; (*colloq*) to ~ a cold बहुत कम आहार लेकर ज़ुकाम ठीक करना, 7 वंचित रखना [sex-~ed], 8 भूखा रखकर मजबूर कर देना [to ~ a garrison into surrender]

starveling स्टार्व्लिङ्ग *a* & *n* भूखों मरता हुआ या भुखमरा (आदमी या पशु)

stasis स्टेसिस *n* (*pl* stases) (रुधिर आदि शारीरिक द्रवों का) संचार-अवरोध

state[1] स्टेट *n* & *a* 1 दशा, अवस्था, हालत, हाल, स्थिति; ~ of affairs *or* things वर्तमान स्थिति; ~ of mind मनोदशा, चित्तवृत्ति, मिजाज; **in a ~** (*colloq*) उत्तेजित; मैला-कुचैला; अस्तव्यस्त; **to be in a ~** (about sth) किसी के बारे में उत्तेजित या घबराया हुआ या चिन्तित होना, 2 **the State** शासन, सरकार [Church and State], 3 राज्य; राष्ट्र, देश, 4 ~ **of life** पद, पदवी, दर्जा, 5 प्रतिष्ठा, शान, मान, मान-मर्यादा, **to keep ~** अपनी शान बनाये रखना, आसानी से दर्शन न देना, 6 शान, शान-शौकत, ठाठ-बाट, धूम-धाम [to live, dine, travel, arrive, in ~], 7 **in state** सम्मानपूर्वक, शिष्टाचारपूर्वक, विधिपूर्वक; (*of body*) **to lie in ~** दर्शनार्थ रखा रहना, *a* शासन-संबंधी, सरकारी, राजकीय; राजसी, ~ **coach** राजसी बग्घी, ~ **funeral** राजकीय सम्मान के साथ अन्त्येष्टि, ~ **prisoner** राजनीतिक बन्दी, राजबन्दी, 8 ~ **trial** (वि० राजनीतिक अपराध के लिए) सरकार द्वारा चलाया गया मुकदमा; ~**hood** *n* राज्यत्व, राष्ट्रत्व; ~**less** *a* जिसका अपना कोई देश या राष्ट्र न हो, राष्ट्रहीन, अराष्ट्रिक, ~**lessness** *n* राष्ट्रहीनता, अराष्ट्रिकता

state[2] *vt* 1 स्पष्ट करना या बताना, बयान करना, वर्णन करना, 2 (*law*) to ~ the case तथ्यों का विवरण देना, 3 (तिथि, समय आदि) निर्दिष्ट या निश्चित या नियत करना; ~**d** *a* नियत, निर्दिष्ट [at ~d intervals]

statecraft स्टेट्क्राफ़्ट *n* शासन-कला

stately स्टेट्लि *a* 1 (of manners, person, building) शानदार, भव्य, 2 (of language, style) उदात्त, प्रभावशाली

statement स्टेट्मन्ट *n* 1 कथन, अभिकथन, बयान, वक्तव्य, 2 (*law*) तथ्यों का विवरण, बयान, 3 ~ of account लेखा-विवरण

statesman स्टेट्स्मन *n* राजनीतिज्ञ, राजनीति-विशारद, नीतिमान् व्यक्ति; **elder ~** वयोवृद्ध एवं अनुभवी राजनीतिज्ञ, वरिष्ठ नेता, ~**like**, ~**ly** *aa* राजनीतिज्ञ-सदृश, नीतिपूर्ण, नीतिमान्; ~**ship** *n* राजनीतिज्ञता, नीतिमत्ता

static स्टैटिक *a* 1 अचल, निश्चल, स्थिर, 2 जिसमें उतार-चढ़ाव या घटती-बढ़ती न हो, ज्यों का त्यों, स्थिर [~ market], 3 *phys* स्थैतिक [~ pressure]; स्थैतिकी-संबंधी, स्थैतिकीय

statics स्टैटिक्स *n* 1 स्थिर पिंडों या परस्पर सन्तुलित बलों का विज्ञान, स्थैतिकी (cf. dynamics), 2 (wireless) वायुमंडल का विक्षोभ (जिससे रेडियो-ध्वनि में गड़बड़ी होती है)

station स्टेशन *n* & *vt* 1 *arch* गति का अभाव, खड़ा होना, ठहरना, ठहराव, 2 ठहरने का स्थान, जगह, ठिकाना, मुकाम, पड़ाव; **bus-~** बस-अड्डा, 3 रेल्वे स्टेशन; ~**-master** स्टेशन मास्टर, 4 **police ~** थाना, ~**-house officer** थानेदार; naval ~ नौसैनिक अड्डा, 5 छावनी, सैनिक चौकी (तथा वहां स्थित अफ़सर और लोग), 6 सामाजिक स्थिति, दर्जा, हैसियत [men of exalted, humble, ~], 7 पद, पदवी, पेशा, व्यवसाय [the duties of one's ~], 8 *surv* सर्वेक्षण स्थल (जहां से माप शुरू की जाए), चाँदा; *vt* 1 तैनात करना, नियुक्त करना, ठहराना, ठिकाना, 2 to ~ oneself खड़ा होना, टिकना, पड़ाव करना

stationary स्टेशनरि *a* & *n* 1 अचल, निश्चल, स्थिर, 2 स्थावर [~ troops, engine], 3 जिसमें उतार-चढ़ाव या घटती-बढ़ती न हो, स्थिर [~ temperature, population]

stationer स्टेश्नर *n* लेखन-सामग्री-विक्रेता; **stationery** स्टेश्नरि *n* (काग़ज़, कलम, स्याही आदि) लेखन-सामग्री

statist स्टैटिस्ट *n* सांख्यिकीविद्; ~**ic(al)** स्टटिस्टिक(ल) *a* आंकड़ों से संबंधित, सांख्यिकीय

statistician स्टैटिस्-टिशन *n* सांख्यिकीविद्

statistics स्ट-टिस्टिक्स *n pl* 1 आंकड़े [~ of crime, population], 2 (usu. treated as *sing*) आंकड़े एकत्र तथा सारणीबद्ध करने का विज्ञान, सांख्यिकी

stator स्टेटर *n* यन्त्र (वि० विद्युत्-जनित्र) का स्थावर भाग, स्टेटर

statoscope स्टैटस्कोप *n* हवा के दबाव का सूक्ष्म उतार-चढ़ाव दिखाने वाला निर्द्रव वायुदाबमापी, सूक्ष्मवायुदाबमापी, स्टैटस्कोप

statuary स्टैच्युअरि *a* & *n* 1 (f. foll) मूर्ति का, ~ art मूर्तिकला, 2 मूर्ति बनाने के लिए उपयुक्त, मूर्तियोग्य [~ marble]; *n* 1 मूर्तिकला, 2 मूर्ति-संग्रह, मूर्तियां, 3 मूर्तिकार

statue स्टैचू *n* (मनुष्य या पशु की लगभग पूरे कद की) मूर्ति, प्रतिमा, प्रतिकृति, बुत

statuesque स्टैचुएस्क *a* 1 मूर्तिवत्, प्रतिमासदृश, 2 मूर्ति की तरह सुन्दर या गढ़ा हुआ

statuette स्टैचु-ऍट *n* (पूरे कद से) छोटी मूर्ति, लघुप्रतिमा, मूर्तिका

stature स्टैचर *n* 1 (वि० मनुष्य का) कद, ऊंचाई, लंबाई, डील-डौल, 2 *fig* मानसिक या चारित्रिक महत्ता, बड़प्पन, चरित्र की उदारता, मनस्विता

status स्टेटस *n* 1 सामाजिक स्थिति, हैसियत, दर्जा, 2 पद, पदवी; महत्ता, महत्त्व, स्थान [his ~ among poets], 3 (कानून की दृष्टि में) संबंध, रिश्ता, हैसियत, 4 (मामले की) स्थिति; ~ **quo (ante)** पहले-जैसी स्थिति, यथापूर्व या पूर्ववत् स्थिति

statute स्टैचूट, स्टैट्यूट *n* 1 (also ~ **law**) (संसद् आदि द्वारा बनाया गया) कानून, विधान, विधि, संविधि (cf. common law, see common^1, 2); **the ~s** सारे कानून, विधिसंग्रह. 2 private ~ व्यक्ति-संबंधी (न कि आम) कानून, 3 **~-book** वह पुस्तक या पुस्तकें जिनमें सारे कानून दर्ज किए जाते हैं, विधिसंग्रह,

statutory स्टैचुटरि, स्टैट्यूटरि *a* कानून द्वारा विहित, विधि-विहित, कानूनी, विधिगत, विधिक, सांविधिक [~ provisions]

staunch स्टॉन्च *a* 1 (of person) पक्का, सच्चा, कट्टर, विश्वसनीय, वफ़ादार [~ friend, supporter, 2 (of ship, joint, etc) जिसमें हवा या पानी घुस या निकल न सके, जलरोधी, वायुरोधी; **~ness** *n* 1 कट्टरता, वफ़ादारी, 2 जलवायुरोधिता; **~ly** *n* दृढ़तापूर्वक, कट्टरता से, वफ़ादारी से

stave^1 स्टेव *n* 1 उन वक्राकार चपटी फट्टियों में से एक जिन्हें जोड़ कर पीपा या ढोल बनता है, फट्टी; 2 सीढ़ी की फट्टी या डंडा, 3 (कविता का एक) पद्य, पद, बंद; 4 *mus* = **staff**, 6

stave^2 *vt* (stove *or* staved) 1 (पीपे या नाव में) छिद्र करना, 2 (टोप या बक्स को) तोड़-फोड़ डालना, 3 **to ~ off** रोक देना, टाल देना, न होने देना, निवारण करना [to ~ off bankruptcy, danger, ruin, etc], कुछ समय के लिए रोकना [to ~ off hunger], (धातु को) दबा कर कड़ा करना

stay^1 स्टे *vi & t* 1 रुकना, ठहरना [Stay here till I return], 2 **to ~ put** (U.S.) जहां का तहां रहना, न हिलना-जुलना, टिकना, पड़ा रहना, 3 **has come to ~** (i) कुछ समय रहने के लिए आया है, (ii) *colloq* स्थायी-सा हो गया है (also, **is here to ~**), 4 *a* टिकना, ठहरना [to ~ **at a** hotel, in a town, **with** s.o.], 5 *vt* रोकना [to ~ the progress]; रोकथाम करना [to ~ an epidemic]; **to ~ one's hand** हाथ खींचना, **to ~ s.o.'s hand** किसी का हाथ रोक देना; 6 टेक देकर खड़ा करना, सहारा देना, थामना [to ~ up], 7 *law* स्थगित करना [to ~ a decision, judgement]; 8 *vi & t* ख़तम होने तक काम (वि० दौड़) जारी रखने का दम या सामर्थ्य होना; **to ~ the course** अन्त तक इसी तरह काम या यत्न करते रहना [We can work our way back to prosperity by staying the course] (also see course, 9), 9 *vi* (with *advv*) **to ~ away** दूर रहना; **to ~ on** कुछ समय और रहना या ठहरना, **to ~ up late** देर तक जागता रहना, 10 *comb*: **~-at-home** घर पर ही रहने वाला, घर-घुसना, **~-in-strike** = sit-down strike (see sit-down), **staying power** दम, सामर्थ्य (see 8 above)

stay^2 *n* 1 ठहराव, निवास, 2 निवास-काल, 3 रोक, रुकाव, स्थगन [~ of proceedings]; **~ of execution** फ़ैसले पर अमल रोकने का आदेश, स्थगन-आदेश, **~ order** स्थगन-आदेश; 4 थूनी, टेक, 5 सहारा, अवलम्ब, आसरा, भरोसा [You have been the ~ of my old age]; 6 सहन-शक्ति, धैर्य, दम, 7 (chiefly literary) बंधन, प्रतिबंध, पाबंदी, बंदिश [a ~ upon one's activity], 8 in *pl* (*arch*) चोली

stay^3 *n & vt* 1 (*naut*) मस्तूल (आदि को थामने) की रस्सी, 2 तान-रस्सी; (*of ship*) to be **in ~s** रस्सियों के सहारे थमा हुआ होना; **~ rope** = 1 above; **~sail** मस्तूल पर फैलाया हुआ पाल; *vt* 1 (मस्तूल को) रस्सियों से थामना, 2 (दूसरी रस्सियों पर पाल फैलाकर) जहाज़ को मोड़ना [to ~ a ship]

stayer स्टेअर *n* (f. stay^1, 8) दमदार दौड़ाक या घोड़ा

stead स्टॅड *n* 1 **to stand s.o. in good ~** किसी के बहुत काम आना, बहुत उपयोगी या सहायक सिद्ध होना, 2 **in s.o.'s ~** किसी के स्थान पर या बदले में

steadfast स्टॅड्फ़ास्ट *a* 1 डांवांडोल या विचलित न होने वाला, स्थिरस्वभाव, अचल, अडिग, पक्का [~ in danger, adversity]; 2 दृढ़संकल्प; **~ness** *n* 1 स्थिर स्वभाव, 2 दृढ़ संकल्प

steadiness स्टॅडिनिस *n* 1 स्थिरता, निष्कम्पता [~ of hand], 2 घटती-बढ़ती का अभाव, स्थिरता [~ of prices], 3 (of person) स्थिर स्वभाव, अध्यवसाय; गंभीरता, संजीदगी

steading स्टॅडिङ्ग *n* फ़ार्म और उस पर बने घर, चक

steady स्टॅडि *a & vt & i* 1 न हिलने वाला, न डगमगाने वाला, निष्कंप [walks with a ~ step; writes with a ~ hand], स्थिर, अचल, जमा हुआ [~ as a rock, 2 **to keep ~** न हिलना, न डगमगाना, स्थिर रहना, 3 जो डांवांडोल न हो, स्थिरचित्त, स्थिरस्वभाव, अटल [~ in his principles], 4 बराबर मेहनत करने वाला, मेहनती, परिश्रमी अध्यवसायी, 5 निरन्तर एक-सा [There is a ~ increase in the population], 5 (of person) गंभीर, संजीदा, संयमी; *vt & i* 1 स्थिर

करना या होना [Prices are ~ing], 2 *vi* धैर्य्यं धारण करना, धीरज करना, 3 *vt* & *i* to ~ (down) समझदार या संयमी बनाना या बनना [Adversity will ~ him; he will soon ~ (down)]

steak स्टेक *n* भूनने के लिए मांस का टुकड़ा, टिक्का

steal स्टील *vt* & *i* (stole, stolen) & *n* 1 चुराना, 2 to ~ s.o.'s heart किसी का चित्त चुराना, मोहित या मुग्ध करना; 3 **to ~ a march on the enemy** शत्रु की चाल को पहले से जान कर मुकाबले के लिए तैयार रहना, पेशबन्दी करना; **to ~ a march on s.o.** कोई काम किसी से पहले करके आगे बढ़ जाना, बाजी ले जाना, **to ~ the show** अन्य अभिनेताओं आदि से बाजी ले जाना, सब में श्रेष्ठतम सिद्ध होना; 4 *vi* चुपके-चुपके आना-जाना [to ~ in, out]

stealth स्टॅल्थ *n* 1 छिपाव, दुराव, 2 **by ~** चोरी-छिपे

stealthily स्टेल्थिलि *adv* (f. foll) चोरी-छिपे, चुपके-से

stealthy स्टॅल्थि *a* गुप्त, प्रच्छन्न, अलक्षित [~ glance]

steam^{1} स्टीम *n* 1 भाप, वाष्प, 2 (*colloq*) शक्ति, जोश, उत्साह, साहस, **to get up ~** शक्ति या साहस बटोरना; क्रुद्ध हो जाना, **to let off ~** दबी हुई भावनाओं को बड़े जोश के साथ व्यक्त करना, मन का गुबार निकालना; **to run out of ~** जोश या उत्साह ख़तम हो जाना, 3 **Full ~ ahead!** पूरे जोश के साथ या पूरी रफ़्तार से आगे बढ़ो! 4 *comb*: **~boat** वाष्प-पोत, अगिनबोट, **~-boiler** भाप (बनाने का) बायलर, **~-engine** वाष्प (से चलने वाला) इंजन, रेल का अथवा स्थावर इंजन; **~-roller** *n* सड़क कूटने का इंजन, *fig* (कुचलने वाली जबरदस्त) शक्ति; *vt* कुचल देना; **steamship** वाष्प-पोत; स्टीमर; **~-tight** *a* जिससे भाप न निकल सके, वाष्परोधी

steam^{2} *vt* & *i* 1 भाप से पकाना [to ~ vegetables], 2 भाप देना, 3 *vi* भाप छोड़ना या निकालना, से भाप उठना [The soup is steaming; steaming hot coffee, etc], 4 **to ~ ahead** तेज़ी से आगे बढ़ना, 5 भाप से चलना, (of train etc) **to ~ away, off** चल पड़ना, रवाना होना, छूटना; **to ~ in** आ पहुंचना

steamer स्टीमर *n* 1 अगिनबोट, स्टीमर, 2 भाप से पकाने का पात्र

stearic स्टि-ऐरिक *a* 1 वसा का, 2 (=foll, 2)

stearin स्टीअ-रिन *n* 1 गाय-भेड़ आदि पशुओं की कड़ी वसा का मुख्य तत्त्व, 2 (pop) इस तत्त्व से निकाला हुआ स्टीयरिक एसिड (जिससे मोमबत्तियां बनाते हैं), 3 ~ candle स्टीयरिक एसिड से बनी मोमबत्ती

steatite स्टीअ-टाइट *n* सेलखड़ी

steed स्टीड *n* (*poet, rhet*) घोड़ा, वि० जंगी घोड़ा

steel^{1} स्टील *n* 1 इस्पात, फ़ौलाद, (*attrib*) इस्पात का [~ pen], 2 **cold ~** तलवार (as opp. to firearm), 3 **a grip of ~** फ़ौलादी जकड़, a heart of ~ मज़बूत दिल, वज्रहृदय, 4 *comb*: **~-clad** कवचधारी, बख़्तरबन्द; **~ plate** इस्पात की चादर; **~-plated** इस्पात का कवच पहने, कवचित, **~work** इस्पात की चीज़ें; **~works** इस्पात का कारख़ाना

steel^{2} *vt* 1 इस्पात चढ़ाना या मढ़ना, 2 कड़ा या कठोर करना, **to ~ oneself** *or* **one's heart to do sth** कोई काम करने के लिए जी कड़ा करना

steely स्टीलि *a* 1 इस्पाती, फ़ौलादी, 2 (इस्पात की तरह) कड़ा, कठोर, वज्रकठोर

steelyard स्टील्-यार्ड *n* विषमभुज-तुला (जिसकी छोटी भुजा से तोलने की वस्तु लटकाई जाती है और दूसरी मापांकित भुजा पर सरकते गुटके के स्थिर होने पर वज़न का पता चल जाता है)

steep^{1} स्टीप *a* & *n* 1 बहुत ही कम ढालू, एकदम सीधा, खड़ा [~ hill], ~ climb कठिन या खड़ी चढ़ाई; ~ slope खड़ी या सीधी ढाल; 2 *colloq* (of demand, price, etc) बहुत अधिक, बेहद, 3 (of story) अत्युक्तिपूर्ण, अतिरंजित, अविश्वसनीय; *n* खड़ी चढ़ाई, खड़ी चट्टान; **~ly** *adv* एकदम (ऊंचा होता हुआ, बढ़ता हुआ)

steep^{2} *vt* & *n* 1 भिगोना, तर करना, डुबा रखना, 2 *fig* कूट-कूट कर भरना, ओत-प्रोत करना, व्याप्त करना, **~ed in the** Shastras शास्त्र-पारंगत, **~ed in ignorance** अज्ञान में डूबा हुआ, *n* 1 भिगोना, निमज्जन; **to put sth in ~** वस्तु को भिगोना, 2 भिगोने का द्रव; **~ing** *n* भिगोना; निमज्जन

steepen स्टीपन *vi* & *t* (f. steep^{1}) 1 क्रमशः ऊंचा होते जाना, चढ़ाई होना [The road is ~ing], 2 (of prices) बढ़ना, चढ़ना, 3 *vt* बढ़ाना [to ~ prices, taxes]

steeple स्टीपल *n* 1 (गिरजे की छत से ऊपर उठा हुआ) सूच्याकार शिखर वाली मीनार, लाट, 2 **steeplechase** घुड़सवारों या पैदल व्यक्तियों की खेतों आदि में से दौड़ (जो पहले संभवतः गिरजे पर आकर ख़तम होती थी), क्षेत्र-पार दौड़, 3 **~-jack** मीनार मरम्मत करने वाला

steer^{1} स्टिअर *vt* & *i* 1 (जहाज, नाव आदि को) पतवार के प्रयोग से अभीष्ट दिशा में ले चलना, चलाना, परिचालन करना; 2 **to ~ (one's course) for** की ओर जाना, 3 **to ~ clear of sth, s.o.** किसी चीज़ या व्यक्ति से बच कर चलना, से बचते रहना, से दूर रहना; **~[illegible]** कर्णधार, सुक्कानी

steer^{2} *n* बछड़ा, बधिया बैल (वि० वह जो गोश्त

के लिए पाला जाए)

steerage स्टिअरिज *n* (*naut*) 1 जहाज़ पर पतवार की मार; परिचालन; 2 जहाज़ में तीसरे दर्जे के यात्रियों के लिए निर्दिष्ट जगहें, **to travel** ~ तीसरे दर्जे में यात्रा करना, 3 **~-way** जहाज़ को पतवार द्वारा परिचालित करने, मोड़ने के लिए जहाज़ की आवश्यक गति

steering स्टिअरिङ्ग *n* मार्गनिर्दिष्ट करना, दिग्दर्शन; **~ committee** कार्यवाही का क्रम निर्धारित करने वाली समिति, संचालन-समिति

steeve स्टीव *n* & *vt* (*naut*) माल को क्रम से लगाने की लंबी बल्ली; *vt* बल्ली से माल को क्रम से रखना

stela स्टील:, **stele** स्टीलि *n* (*archaeol*) (वि० कब्र पर लगाने के लिए) लेखसहित सिल या खंभा

stellar स्टॅलर *a* तारों या नक्षत्रों का, तारकीय, नक्षत्रीय

stellate(d) स्टॅलट, स्टॅलेटिड *aa* 1 तारे की किरणों की तरह सब दिशाओं में फैलने वाला, अरों की तरह विन्यस्त, तारकाकार, 2 (*bot*) ~ leaves डंडी के चारों ओर उगे पत्तों का गुच्छा

stellular स्टॅल्युलर *a* 1 तारकाकार, 2 छोटे-छोटे सितारों से जड़ा हुआ, तारक-जटित, तारांकित

stem^{1} स्टॅम *n* 1 पेड़ या पौधे की मुख्य टहनी, तना, स्कन्ध, 2 फल या फूल या पत्ते की पतली छोटी डंडी जिससे वह मुख्य टहनी से जुड़ा होता है, वृन्त, 3 (शराब के गिलास की) डंडी, 4 तम्बाकू-पाइप की नली, 5 *gram* (धातु या संज्ञा आदि) मूलशब्द (जिसके साथ प्रत्यय आदि लगा कर विभिन्न शब्द बनते हैं), प्रातिपदिक, धातु, 6 पोताग्र, **from ~ to stern** जहाज़ के अगले सिरे से लेकर पिछले सिरे तक, एक सिरे से दूसरे सिरे तक, सारे जहाज़ में

stem^{2} *vt* & *i* (-mm-) 1 (वि० तम्बाकू की) डंडियां तोड़ना, (गुच्छे से) अंगूर तोड़ना, 2 **to ~ from, in** उत्पन्न होना, आरंभ होना [This project ~s from the commission's report]

stem^{3} *vt* 1 रोकना, बांध बनाना [to ~ a stream], 2 रोक-थाम करना [to ~ an epidemic], 3 **to ~ the course of events** घटनाओं के सिलसिले को रोकना, 4 धारा की विपरीत दिशा में बढ़ना, आक्रमण का सामना करना, 5 (*fig*) to ~ the tide of popular indignation जनता के रोष की लहर को रोकना

stemma स्टॅम: *n* (*pl* ~ta) 1 वंशावली; वंश, कुल, 2 *zool* एकल आंख, अनेक अवयवों वाली आंख का एक भाग

stench स्टॅन्च *n* दुर्गन्ध, बदबू, सड़ायंध, **~ trap** मोरी से गन्ध उठने को रोकने का उपकरण, दुर्गन्ध-रोक

stencil स्टॅन्सिल *n* & *vt* (-ll-) धातु आदि की पतली चद्दर जिसमें कटी फूल-पत्तियां बुरुश से रंग फेर कर दूसरी सतह पर उतारी जा सकती हैं, टाइप के अक्षर काटने का मोमी काग़ज़ (जिससे कई प्रतियां छापी जा सकती हैं), स्टेन्सिल [~-plate; ~-paper]; *vt* स्टेन्सिल काटना; **~ler** *n* स्टेन्सिल काटने वाला

Sten gun स्टॅन्‌गन *n* हल्की मशीनगन, स्टेन गन

steno स्टॅनो *n* (*colloq*) = stenographer

stenograph स्टॅन-ग्राफ़ *n* 1 आशुलिपि का अक्षर, 2 आशुलिपि में काम आने वाला यन्त्र; **~er** स्टॅनॉ-ग्रफ़र *n* आशुलिपिक, **~y** स्टॅनॉग्रफ़ि *n* आशुलिपि

stenotype स्टॅन-टाइप *n* 1 टाइपराइटर से मिलती-जुलती मशीन, 2 इस से लिखा गया अक्षर

stenotypist स्टॅनटाइपिस्ट *n* आशु-टंकक

Stentor स्टॅन्टर *n* जबरदस्त और ऊंची आवाज़ वाला व्यक्ति, गरज कर बोलने वाला, मेघनाद

stentorian स्टॅन्‌-टॉरिअन *a* गरज के समान, गरजता हुआ [~ voice]

step^{1} स्टॅप *vi* & *t* (-pp-) 1 कदम रखना, पग धरना, ~ this way इधर आइए, 2 (with *prepp*) to ~ **across** the street सड़क पार करना; to ~ **down** (i) नीचे उतरना, (ii) पद त्यागना; to ~ **in** भीतर आना; *fig* हस्तक्षेप करना, बीच-बचाव करना; to ~ **on** पर पांव रख देना [He ~ped on my foot]; to ~ **out** (i) बाहर आना या जाना, (ii) लंबे डग भरना, तेज़ चलना, 3 *vt* to ~ out a distance कदमों से दूरी मापना; **to ~ it** with s.o. किसी के साथ नाचना; to ~ **up** बढ़ाना [to ~ up production], 4 **to ~ down, up, the voltage** वोल्टेज, कम करना, बढ़ाना, 5 *comb*: **~-down, ~-up, transformer** वोल्टेज कम करने वाला या अपचायी ट्रांसफ़ार्मर; वोल्टेज बढ़ाने वाला या उच्चायी ट्रांसफ़ार्मर

step^{2} *n* 1 कदम, पग, डग [He took a ~ back]; 2 *fig* प्रगति [We have made a long ~ towards success]; 3 थोड़ी दूरी [The school is but a step, a few ~s, from my house]; 4 **Watch** *or* **Mind your ~** देख कर चलो या कदम रखो; *fig* बहुत सावधानी से काम करो, फूंक-फूंक कर पैर रखो; 5 चाल, **to be in ~ with** s.o. से कदम मिला कर चलना; **to fall into ~ with** s.o. से कदम मिलाना; **to keep ~ with** कदम मिलाये रखना, **to be out of ~ with** से कदम न मिला होना; के साथ-साथ न चलना, से पीछे रह जाना [As regards prison-reform, this state is out of ~ with her neighbours], 6 चरणचिन्ह, to tread **in the ~s** of s.o. के चरणचिन्हों पर चलना, 7 कार्यवाही, उपाय, कदम [to take ~s to do sth], 8 पैर की आहट, पदध्वनि, (पद-)चाप [I heard a ~]; 9 सीढ़ी, डंडा, flight of ~s सीढ़ी, ज़ीना; 10 **to turn one's ~s to** की ओर जाना; 11 दर्जा,

पदोन्नति, वेतनवृद्धि [When will you get your next ~ up]; ~ **by** ~ धीरे-धीरे, क्रमशः; सावधानी से

step^3 *pref* सौतेला, सौतेली [~child, ~-daughter, ~father, ~mother, etc]; **step-motherly** *a* विमाता-जैसा, लापरवाही का

steppe स्टे॑प *n* (वृक्षरहित) घास का मैदान

stepping-stone *n* 1 (उथले जल या कीचड़ में) पैर रखने का पत्थर, 2 *fig* लक्ष्यप्राप्ति का साधन [This job is only a ~ to a better position]

stercoraceous स्टर्क-रेशस, **stercoral** स्टर्करल *aa* गोबर या विष्ठा का, विष्ठा में रहने वाला

stereo^1 स्टिअ-रिओ *n* & *a* 1 रिकार्ड से गायक आदि की आवाज़ को ज्यों का त्यों सुनने का उपकरण जिसमें अलग-अलग रखे हुए कई माइक्रोफ़ोन या लाउडस्पीकर प्रयुक्त होते हैं, 2 *colloq* for stereophonic, stereoscope, stereotype, etc (see further)

stereo^2 स्टिअ-रिओ (*comb form*) त्रिविम; **~-gram, ~graph** त्रिविमदर्शी में प्रयुक्त दो चित्र अथवा उनमें से कोई एक (see stereoscope), त्रिविम चित्र; त्रिविम आरेख

stereophonic स्टिअरिअ-फ़ॉनिक *a* दो भिन्न दिशाओं से आती प्रतीत होने वाली (रिकार्ड आदि की) ध्वनि का, त्रिविम ध्वनि का

stereoscope स्टिअरिअ-टाइप *n* तनिक भिन्न दिशाओं से लिए गये एक ही वस्तु के दो फ़ोटो-चित्रों की) एक-साथ देखने का यन्त्र जिससे वस्तु की गहराई या मोटाई आदि मूलवत् प्रतीत होती है, त्रिविमदर्शी; **stereoscopic** *a* त्रिविमीय, त्रिविमी, त्रिविम

stereotype^1 स्टिअरिअ-टाइप *n* 1 मुद्रण-तख़्ती, मुद्रण-फलक, 2 मुद्रणफलक का बनाना या प्रयोग, 3 *fig* नियत पद्धति या प्रकार, नियत धारणा, रूढ़ धारणा, रूढ़ि, घिसी-पिटी विधि

stereotype^2 *vt* 1 मुद्रणफलक बनाना, 2 मुद्रणफलकों से छापना, 3 *fig* अपरिवर्तनीय बनाना, एक-एक बात निर्धारित या नियत कर देना, समस्त रूप स्थिर कर देना; **~ed** *a* 1 मुद्रणफलक से मुद्रित, 2 (of ideas, phrases, etc) अपरिवर्तनीय, नियत, घिसा-पिटा, ~ed behaviour रूढ़िगत या कोरा औपचारिक व्यवहार, ~ed phrase घिसी-पिटी उक्ति

sterile स्टे॑राइल *a* 1 अनुपजाऊ, अनुर्वर, ऊसर [~ land], 2 बांझ, वंध्या [~ cow], 3 जिस पर फल न आये, फलहीन [~ plant], 4 निष्फल, व्यर्थ, अकारथ, बेफ़ायदा [~ effort, discussion]; 5 जीवाणुओं या रोगाणुओं से रहित [usu sterilized], 6 (of style etc) नीरस, निष्प्राण

sterility स्ट-रिलिटि *n* 1 अनुर्वरता, अनुपजाऊपन, 2 बन्ध्यता, बांझपन, 3 फलहीनता, 4 निष्फलता, व्यर्थता

sterilization स्टे॑रिलाइ-ज़ेशन *n* 1 अनुर्वरीकरण, 2 बन्ध्यकरण, 3 जीवाणुमारण, रोगाणुनाशन

sterilize स्टे॑रिलाइज़ *vt* 1 अनुर्वर या अनुपजाऊ बनाना, 2 बन्ध्या या बांझ करना, 3 रोगाणु रहित करना; **~d** *a* रोगाणुरहित; बन्ध्यीकृत

sterling स्टर्लिङ्ग *a* & *n* 1 (of coins or precious metals) शुद्ध, खरा, असली [is of ~ gold, silver], 2 सच्चा, ईमानदार, उदात्त स्वभाव का [He is a ~ fellow], 3 उत्तम, उत्कृष्ट [~ qualities, character]; *n* ब्रिटिश मुद्रा, स्टर्लिङ्ग, पौन्ड, ~ **area** *or* **bloc** वे देश जिनकी मुद्रा ब्रिटिश मुद्रा से संबद्ध है, सटलिङ्ग क्षेत्र; **~-balance** देने-पावने का अन्तर जिसकी अदायगी पौन्ड में करनी हो, पौन्ड-पावना अथवा पौन्ड-देवना

stern^1 स्टर्न *a* 1 कठोर, सख़्त, कड़ा, किंचित् निर्दय [~ person, treatment], 2 टस से मस न होने वाला, बात मनवाने वाला, अनुशासनप्रिय [~ person, teacher], 3 गंभीर, डरावना, उग्र [~ face], 4 **the ~er sex** पुरुषजाति; **~ness** *n* कठोरता, सख़्ती, कड़ाई, उग्रता

stern^2 *n* 1 जहाज़ या नाव का पिछला भाग, पिछाड़ी, पिच्छल, दुम्बाल; **from stem to ~** (see stem^1, 6), 2 **~-chase** एक जहाज़ का उसके ऐन पीछे आने वाले जहाज़ द्वारा अनुसरण, 3 *colloq* नितम्ब; पुट्ठा, 4 *comb*: **~most** (i) (जहाज़ में) सबसे पीछे का, (ii) (जहाज़ी दस्ते में) सबसे पीछे का; **~-way** (जहाज़ का) पीछे हटना, पश्चगति [to gather ~-way]

sternum स्टर्नम *n* (*pl* ~s, -na) पसलियों को जोड़ने वाली पतली चपटी हड्डी, उरोस्थि (also called 'breastbone')

sternutation स्टर्न्यु-टेशन *n* (*joc*) छींकना; छींक; **sternutative, sternutatory** *a* & *n* छींक लाने वाली (चीज़)

sternutator स्टर्न्युटेटर *n* नाक और गले में जलन पैदा करने वाला पदार्थ (वि० विषैली गैस), दाहजनक पदार्थ

stertorous स्टर्टरस *a* (of person) ख़र्राटे भरता हुआ, (of breathing) ख़र्राटे-सहित

stet स्टे॑ट (in proof-reading) पूर्ववत् (रहने दो)

stethoscope स्टे॑थस्कोप *n* & *vt* छाती-परीक्षण-यन्त्र (जिससे दिल और फेफड़ों की ध्वनि सुनी जाती है). उरोवीक्षक, स्टेथास्कोप; *vt* स्टेथास्कोप से परीक्षण करना

stetson स्टे॑ट्सन *n* चौड़े किनारे का हैट

stevedore स्टीव-डॉर *n* जहाज़ से माल उतारने-लादने वाला, जहाज़ी कुली, मोटिया

stew^1 स्ट्यू *vt* & *i* & *n* 1 (बन्द बर्तन में थोड़े से पानी में देर तक) उबाल कर पकाना, बन्द बर्तन में सिझाना [to ~ mutton, fruit, etc], 2 (*vi*) उबलकर पकना, सीझना, 3 **to ~ in one's own juice** अपने किये का फल भुगतना, **to let s.o. ~ in his own juice** किसी को अपने किये का फल

भुगतने देना और उसकी मदद न करना; 4 *vi* (*fig*) उमस से दम घुटना, *n* 1 उबाल कर पकाई हुई चीज़ [mutton ~], 2 (*colloq*) to be in a ~ (**about sth**) क्षुब्ध या अशान्त होना, घबराना, अस्तव्यस्त होना, 3 *comb*: **~-pan**, **~-pot** ढक्कनदार कड़ाही, ढक्कनदार देगची

stew^{2} *n* मछली पालने का कुण्ड, मत्स्यकुण्ड

steward स्ट्यूअर्ड *n* 1 (बड़े आदमी की संपदा का) प्रबन्धक, कारिन्दा, गुमाश्ता, 2 (कालिज आदि संस्था में) खाद्यसामग्री का प्रबन्धक, भंडारी, खानसामा, 3 (जहाज़ में) यात्रियों का परिचारक, 4 (प्रदर्शनी या नृत्य या घुड़दौड़ आदि का) आयोजन-अधिकारी; **~ess** *n* प्रबन्धकर्त्री, परिचारिका, आयोजिका आदि; **~ship** *n* प्रबन्धकत्व, आयोजकत्व, संचालकत्व; कार्यसंचालन

stick^{1} स्टिक *n* 1 पेड़ से टूटी टहनी या लकड़ी [to gather ~s to make a fire], 2 डंडा, लाठी, छड़ी [walking ~], 3 (**the**) **stick** बेंत (से मारने) की सज़ा [Give that naughty boy the ~]; *fig* आलोचना का आधार, **Any ~ is good enough to beat a dog** शत्रु की आलोचना के लिए कोई भी बहाना ठीक है [The rail disaster can be used as a ~ to beat the Govt.], 4 **the big stick** बलप्रयोग की धमकी, 5 *mus* संगीत-निर्देशक की छड़ी या यष्टिका, 6 (**old**) ~ (*colloq*) (i) साहसहीन व्यक्ति, भीरु, बुद्धू, (ii) पुराणपन्थी; 7 (लाख की) बत्ती; 8 **in a cleft ~** (see cleave)

stick^{2} *vt* & *i* (stuck) 1 चुभाना, खुभाना, लगाना [to ~ a pin into, through, sth], 2 भोंकना [to ~ a dagger, bayonet, into s.o.]; 3 गाड़ना [to ~ a stake in the ground], 4 लगाना [to ~ a feather, rose, in one's cap, buttonhole], 5 चिपकाना, लगाना [to ~ a postage stamp; to ~ bills on walls], 6 घुसेड़ना, डालना, लगाना [to ~ in a few commas], 7 *vi* चुभना, खुभना, गड़ना, 8 चिपकना [This envelope will not ~]; 9 अड़ना, अटकना [The lift has stuck]; तनिक रुक जाना [to ~, to be stuck, in a speech], लगा रहना, संबद्ध रहना [The name stuck to him], 10 (with *prepp*) *vt* & *i* **to ~ at nothing** कोई भी (वि० बुरा) काम करने में न झिझकना, संकोच न करना, ग्लानि न होना; **to ~ in one's throat** (*of proposal*) स्वीकार्य न होना, गले के नीचे न उतरना, (*of words*) ज़बान पर अटक जाना, कहा न जा सकना; **to ~ in the mud** अप्रगतिशील होना; **to ~ to a friend** मित्र का साथ देना, **to ~ to one's post** काम पर जमे या डटे रहना; Stick to it! जमे या लगे रहो, डटे रहो, करते जाओ, प्रयत्न मत छोड़ो; **to ~ to one's guns, one's opinions** (see gun, 2); **to ~ to the point** विचाराधीन विषय से इधर-उधर न होना, **to ~ out** (*vi*) बाहर निकलना, बाहर निकला हुआ होना, *vt* बाहर निकालना [to ~ out one's tongue; to ~ out one's arm before stopping (the car)]; **to ~ out for sth** किसी चीज़ के लिए आग्रह करना, अपनी मांग पर अड़े रहना [The strikers are ~ing out for a higher bonus], **to ~ up** a bill इश्तहार लगाना; **to ~ up for s.o.** किसी का पक्ष लेना या समर्थन करना; 11 **stuck-up** *a* घमंडी, अकड़बाज़; **stuck on** (*sl*) पर मोहित, लट्टू; 12 *comb*: **stick-in-the-mud** *a* पुराने ढर्रे पर चलने वाला, लकीर का फ़कीर, रूढ़िवादी, अप्रगतिशील; **sticking-plaster** चिपका रहने वाला प्लस्तर, चेपदार फाहा

stickler स्टिक्लर *n*. ~ **for** के लिए आग्रह या लेबल, स्टिकर; धीरे-धीरे रन करने और मुश्किल से आउट होने वाला खिलाड़ी; 2 जाने का नाम न लेने वाला अतिथि, 3 डटा रहने वाला या अध्यवसायी व्यक्ति

stickleback स्टिकल्-बैक *n* कंटीली पीठ वाली मछली

stickler स्टिक्लर *n* ~ **for** के लिए आग्रह या ज़िद करने वाला, पर बहुत ज़ोर देने वाला, अड़ जाने वाला, आग्रही [is a ~ **for** etiquette, precision, etc]

sticky स्टिकि *a* 1 चिपकने वाला, चिपचिपा, लसदार, (of weather) गीला-सीला; 2 (*sl*) (i) दुस्तोष्य, हुज्जती, आपत्ति करने वाला [He was very ~ about giving me leave], (ii) *sl* कष्टप्रद, दुःखद [He will come to a ~ end]; ~ **wicket** (*crick*) गीला और नरम मैदान; *fig* कठिन स्थिति

stiff स्टिफ़ *a* 1 अकड़ा हुआ, तना हुआ [~ shirt-front]; कड़ा, सख़्त [He lay ~ in death; also see 'stark'], 2 जो आसानी से हिल या मुड़ न सके, सख़्त, कड़ा [~ handle, hinge, joint, muscle]; to grow ~ (with sitting still) शरीर सुन्न हो जाना; ~ **neck** वातरोग जिसमें गर्दन मोड़ने में दर्द होता है, गर्दन का अकड़ाव, 3 (of person) न झुकने या दबने वाला, ज़िद्दी, हठी; अकड़बाज़, रूखा; 4 **to offer a ~ resistance** कड़ा या सख़्त या घोर विरोध या मुकाबला करना; 5 ~ climb कठिन या सख़्त चढ़ाई; ~ examination, paper, subject कठिन परीक्षा, परीक्षा-पत्र, विषय; 6 (of moist clay) गाढ़ा, 7 *comb*: **~-necked** अकड़बाज़; हठी, ज़िद्दी; **~ness** *n* 1 कड़ापन, सख़्ती, अकड़ाव, 2 दृढ़ता, 3 अकड़, ऐंठ, रूखापन [~ness of manner], 4 कठिनता; 5 गाढ़ापन

stiffen स्टिफ़न *vt* & *i* 1 कड़ा या सख़्त करना या होना, अकड़ाना या अकड़ जाना [Age ~s one's joints; the corpse has ~ed]; 2 दृढ़ या मज-

बूत बनाना या होना; 3 (of person) अकड़बाज़ या ज़िद्दी बनाना या होना, 4 (of exam) कठिन बनाना या हो जाना, 5 (of paste, dough) गाढ़ा बनाना या बनना

stifle स्टाइफ़ल *vt* & *i* 1 गला घोंटना, दम घोंटना, 2 दबा देना, उभरने न देना, दमन करना [to ~ a revolt], 3 (आवाज़, भावना आदि) दबा देना, रोक देना, निकलने न देना [to ~, one's laughter, s.o.'s cries, criticism, etc], 4 *vi* दम घुटना

stifling स्टाइफ़्लिङ्ग *a* दम घोंटने वाला, It is ~ here! यहां तो दम घुटता है!

stigma स्टिग्मः *n* (*pl* ~s, ~ta स्टिग्माटः) 1 कलंक, लांछन, धब्बा, बट्टा, बदनामी (*pl* ~s); 2 (रोग का) लक्षण, चिन्ह, 3 (*anat*, *zool*; *pl* ~ta) त्वचा पर का धब्बा या दाग़; लाल चकत्ता (जिससे कभी-कभी खून निकलता है), 4 (*eccl*, *pl* ~ta) (ईसा के सूली पर लटकाये जाने पर कीलों आदि के) क्षत-चिन्ह (जो बाद में कुछ अन्य ईसाई सन्तों के शरीरों पर भी प्रकट हुए); 5 (*bot*, *pl* ~s) स्त्री-केसर का वह भाग जो पुंकेसर को ग्रहण करता है, वर्तिकाग्र

stigmatic स्टिग्-मॅटिक *a* 1 (of lens) जिसमें प्रकाश की किरणें एक बिन्दु पर केन्द्रित हों, बिन्दुक, 2 *eccl* (ईसा की भांति) क्षत-चिन्हयुक्त (see prec, 4)

stigmatize स्टिग्मटाइज़ *vt* 1 कलंक लगाना, बदनाम करना, निन्दा करना [to ~, s.o. as a coward, s.o.'s action as cowardice], 2 *eccl* त्वचा पर दाग़ या क्षत-चिन्ह बनाना

stile^{1} स्टाइल *n* (जंगले या छोटी दीवार को पार करने की) सीढ़ी, पैड़ी

stile^{2} *n* (किवाड़ आदि की) खड़ी लर, खड़ी पट्टी

stiletto स्टि-लॅटो *n* (*pl* ~s, ~es) 1 कटारी, छोटा खंजर, 2 (कपड़े आदि में) छिद्र करने का औज़ार, 3 ~ **heel** (जूते की) लंबी नोकदार एड़ी

still^{1} स्टिल *a* & *n* 1 निःशब्द, नीरव, अवाक्, मौन, चुप, 2 निश्चल, स्थिर, निश्चेष्ट, निस्तब्ध, 3 निःशब्द एवं निश्चल, शान्त; to stand ~ (i) तनिक न हिलना-डोलना, (ii) खड़ा हो जाना, रुक जाना; 4 ~ water, lake, etc तरंगरहित जल, सरोवर आदि; ~ **waters run deep** (see water^{1}, 3), 5 **the still small voice** अन्तःकरण की आवाज़, 6 ~ **life** (फल, फूल आदि) निर्जीव पदार्थों का चित्र, 7 *comb*: ~ **birth** मरा हुआ बच्चा पैदा होना, मृत-प्रसव, ~**-born** मृतजात; ~ **picture** साधारण फ़ोटोचित्र (न कि सिनेमा आदि का चलचित्र), अचल चित्र; *n* 1 नितान्त नीरवता, सन्नाटा [in the ~ of the night]; 2 साधारण फ़ोटो (न कि चल-चित्र), अचल चित्र; **stillness** *n* 1 नीरवता, सन्नाटा, शान्ति; 2 निश्चलता, निश्चेष्टता, 3 = ~ picture

still^{2} *vt* 1 शान्त करना, मिटाना [to ~ s.o.'s fears], 2 मौन करना, to ~ one's songs अपना गाना बंद करना

still^{3} *adv* & *conj* 1 अब तक, अब भी, अभी; तब, तब तक, तभी [He is, was, ~ there], 2 ~ **more** और अधिक, ~ **less** और कम; *conj* फिर भी, तो भी, तथापि, बहरहाल [~ the fact remains that . . .]

still^{4} *n* 1 अर्क अथवा शराब खींचने का उपकरण, भभका, आसवन-यन्त्र, 2 ~**-room** आसवन-कक्ष

stillage स्टिलिज *n* (सामान को फ़र्श से ऊंचा रखने की) चौकी, बेंच आदि

stilt स्टिल्ट *n* 1 धरती से ऊंचा होकर चलने के लिए प्रयुक्त बांस, पैरबांसा, to **be on ~s** (i) पैरबांसे पर खड़ा होना, (ii) कृत्रिम या अस्वाभाविक होना, शब्दाडंबरपूर्ण होना, 2 *archit* (इमारत को सहारा देने का) खंभा, स्थूणा, 3 ~-bird, ~-plover, ~-walker लमटंगा पक्षी

stilted स्टिल्टिड *a* 1 पैरबांसे पर खड़ा; 2 (of style) अतिरंजित, आडंबरपूर्ण (= pompous, 3), 3 (of arch) मेहराब जिसके दोनों सिरों के नीचे खड़ी ईंटें लगी हों, पैरदार, उत्थापित; ~**ness** *n* 1 आडम्बर, आडम्बरपूर्णता, 2 अकड़, ऐंठ, अभिमान

stimulant स्टिम्युलन्ट *a* & *n* 1 *med* स्फूर्तिदायक (वस्तु), उद्दीपक या उत्तेजक (पेय या खाद्य); He takes no ~s वह मद्य आदि का सेवन नहीं करता है, 2 (कार्य के लिए) प्रेरक, प्रवर्तक, जोश दिलाने वाला

stimulate स्टिम्युलेट *vt* 1 प्रेरणा देना, उत्तेजित करना, प्रोत्साहित करना, बढ़ावा देना [to ~ s.o. to do sth; to ~ production]; 2 *med* पैदा करना, जगाना, तेज़ करना, उद्दीप्त करना [to ~ ~ appetite]; 3 स्फूर्ति देना, जान डालना, काम करने योग्य बनाना, सक्रिय बनाना [to ~ the liver etc]; **stimulating** *a* स्फूर्तिदायक, प्रोत्साहित करने वाला, उत्साहवर्द्धक, प्रेरणादायक; उद्दीपक

stimulation स्टिम्यु-लेशन *n* 1 प्रोत्साहन, प्रेरणा, बढ़ावा, 2 उद्दीपन

stimulus स्टिम्युलस *n* 1 (*pl* -li) कार्य में प्रवृत्त करने का कारण या साधन, प्रेरणादायक बात, प्रेरणा, प्रोत्साहन, बढ़ावा [to give a ~ to trade]; कारण, प्रभाव [under the ~ of hunger], 2 *physiol* अंग या ऊतकों को सक्रिय या उद्दीप्त करने वाली चीज़, उद्दीपक, उद्दीपन, उद्दीप्ति

sting^{1} स्टिङ्ग *n* 1 डंक, दंश 2 (बिच्छू-बूटी आदि का) कांटा, 3 डंक मारना, डसना, काटना, दंश, डंक का घाव, 4 (डंक की) पीड़ा, चुभन, क्लेश; *fig* तीव्र पीड़ा या वेदना [the ~ of hunger, remorse, etc]; ~ **in the tail** (पत्र आदि के) अन्तिम भाग में चुभने वाली बात; (also see tail^{1} 3), 5 (आक्रमण आदि का) ज़ोर, बल, तेज़ी [His bowling has no ~ in it]; 6 ~**-nettle** =

stinging-nettle

sting^2 *vt* & *i* (stung) **1** डंक मारना, डसना, काटना, (विच्छू-बूटी आदि का) कांटा चुभना या लगना, जलन पैदा करना, **2** *fig* चुभना, तीव्र पीड़ा देना, चोट पहुंचाना, मर्माहत करना [The reply stung him (to the quick)]; कोसना [My conscience ∼s me]; **3** *vi* (of parts of one's body) जलना, में जलन होना, दुखना (My hand ∼s), **stinger** स्टिंगर *n* मर्मभेदी आघात, करारी चोट

stinging स्टिङ्गिङ्ग *a* **1** चुभने वाला, चुभता हुआ, मर्माहत करने वाला, मर्मभेदी, मर्मवेधी [a ∼ insult]; **2** **∼-nettle** विच्छू-बूटी

stinginess स्टिन्जनिस *n* अति कृपणता, भारी कंजूसी

stingy स्टिजि *a* अति कृपण, अति कंजूस, मक्खीचूस

stink^1 स्टिङ्क *n* **1** दुर्गन्ध, बदबू, सड़ायँध, **2** (in *pl. sl*) **∼s** रसायनशास्त्र, **3** *comb*: **∼-bomb** बदबूदार गैस छोड़ने वाला बम, दुर्गन्ध-बम; **∼pot** ख़राब व्यक्ति या वस्तु; **∼-trap** = stench-trap

stink^2 *vi* & *t* (stank *or* stunk, *pp* stunk) **1** बदबू छोड़ना, से बदबू आना या उठना [The drain ∼s]; to ∼ **of** garlic लहसुन की-सी तेज गन्ध छोड़ना; **to cry ∼ing fish** अपने माल आदि को रद्दी या निकम्मा ठहराना; **2** **to ∼ in one's nostrils** (see nostril), **3** *vt* to ∼ s.o. **out** दुर्गन्ध के द्वारा किसी को बाहर जाने पर मजबूर कर देना

stinker स्टिङ्कर *n* (*sl*) **1** घृणित व्यक्ति, **2** व्यक्ति जिसमे बदबू आये, **3** चुभने वाली बात; **to write s.o. a ∼** किसी को बहुत चुभता हुआ पत्र लिखना, **4** दुष्कर या कठिन कार्य

stint स्टिन्ट *vt* & *n* **1** कम देना, मुश्किल से पूरा देना [to ∼ oneself, s.o., **of** food etc]; to ∼ oneself for one's children बच्चों की ख़ातिर अपना पेट काटना, **2** कंजूसी अथवा अनिच्छा से देना [to ∼ food, money, etc]; to give **without stinting** जी खोल कर देना; *n* **1** रोक, पाबन्दी, बन्धन, सीमा, हद, **without ∼** बिना किसी बन्धन या सीमा के, दिल खोल कर, **2** अपने ज़िम्मे-भर का काम, निर्धारित या नियत काम [to do one's daily ∼]; **∼less** *a* दिल खोल कर किया या दिया हुआ, प्रचुर, विपुल [∼less effort, charity]

stipate स्टाइपेट *a* (*bot*) घना

stipe स्टाइप *n* (*bot*, *zool*) वृन्त, डंडी

stipend स्टाइपेॅन्ड *n* **1** छात्रवृत्ति, वजीफ़ा, **2** (पादरी आदि का) वेतन, वृत्ति, वृत्तिका

stipendiary स्डाइ-पेॅन्डयरि *a* & *n* वैतनिक, वेतनभोगी, वृत्तिभोगी, वृत्तिग्राही (व्यक्ति)

stipitate स्टिपिटेट *a* (f. stipe) वृन्तयुक्त, डंडीदार

stipple स्टिपल *vt* & *i* & *n* **1** बिन्दियां (न कि रेखाएं) बनाकर चित्रण या उत्कीर्णन करना, बिन्दुचित्रण करना [to ∼ a pattern]; बिन्दूत्कीर्णन करना [to ∼ a plate]; *n* **2** बिन्दुचित्र(ण)

stipulate^1 स्टिप्युलट *a* (see stipule) अनुपर्णयुक्त, अनुपर्णी

stipulate^2 स्टिप्युलेट *vi* & *t* **1** [to ∼ **for** sth] (समझौते में) कोई आवश्यक शर्त रखना, **2** *vi* **to ∼ that** अनिवार्य शर्त निर्दिष्ट करना, साफ़-साफ़ कहना या लिखना [It was ∼d that the work should be finished by the end of the month]; **∼d** *a* (समझौते में) निर्दिष्ट; साफ़-साफ़ कहा या लिखा हुआ, अनुबंधित, अनुबद्ध

stipulation स्टिप्यु-लेशन *n* (समझौते की) आवश्यक या अनिवार्य शर्त, अनुबन्ध

stipule स्टिप्यूल *n* पत्ते के वृन्त में लगा लघु पत्ता, अनुपत्र, अनुपर्ण

stir^1 स्टर *vt* & *i* (-rr-) **1** हिलाना, हिलाना-डुलाना [Not a breath of wind stirs the leaves], **2** चम्मच से हिलाना, चलाना [to ∼ one's tea, porridge, etc], **3 to ∼ the fire** कुरेदनी से लकड़ियों या अंगारों को उलटना-पलटना, **4 to ∼ the** *or* **one's blood** जोश या उत्साह पैदा करना, to ∼ one's wrath गुस्सा दिलाना, **5** (*vi*) हिलना, हिलना-डुलना [If you ∼, I shoot], (बिस्तर से) उठना, जागना, [No body is ∼ring yet]; टहलना, तनिक चलना, (चल कर) जाना [I don't ∼ out of the house], **6** (with *prepp*) to ∼ **about** चलना-फिरना, **to ∼ up** (a liquid) अच्छी तरह हिलाना या चलाना; to ∼ up strife, discontent, mutiny, etc झगड़ा, असन्तोष, विद्रोह आदि पैदा करना; to ∼ up the people लोगों को भड़काना

stir^2 *n* **1** तनिक गति, जरा हरकत; **2** हिलाना, उलटना-पलटना [to give one's tea, the fire, a ∼], **3** हलचल, कोलाहल, चहल-पहल [The place is full of ∼ and movement]; **4** सनसनी, खलबली, **to make a great ∼** सनसनी या खलबली या हलचल पैदा करना; बहुचर्चित होना

stirpiculture स्टर्पिकल्चर *n* (see foll, 2) ख़ास प्रकार की नसल का प्रजनन

stirps स्टर्प्स *n* (*pl* **stirpes** स्टर्पीज) **1** *law* वंश का मूल पुरुष, **2** *zool* वर्ग, वंश, नसल

stirrer स्टरर *n* (f. stir^1) **1** उकसाने वाला, भड़काने वाला [∼-up of strife], **2** (द्रव को) चलाने का उपकरण, विलोड़क, **3** उठने या जागने वाला [to be an early ∼]

stirring स्टरिङ्ग *a* **1** प्रेरणादायक, जोश भरने वाला, जागृति पैदा करने वाला, झकझोरने वाला [a ∼ speech], **2** विचित्र घटनापूर्ण, उथल-पुथल का, मज़ेदार [∼ events, times]

stirrup स्टिरप *n* घुड़सवार के पैर रखने का लोहे का छल्ला, रकाब

stitch स्टिच *n* & *vt* 1 (सिलाई का) टाँका, तोपा, तुरपा, (क्रोशिये के काम, कढ़ाई या बुनाई का एक) घर [to miss *or* **drop a** ~]; to **be in** ~es (*colloq*) हँसी रोक न पाना, हँसता जाना; **2 A** ~ **in time saves nine** वक्त पर लगा एक टाँका बाद के सौ टाँकों के बराबर है; वक्त पर किया थोड़ा-सा काम बहुत बड़े परिश्रम से बचा देता है, 3 (कढ़ाई आदि का) ढंग, तरीका [am learning a new ~], 4 (*surg*) to put ~s in a wound घाव को सी देना; *vt* 1 (कोट, कमीज़ आदि) सीना, (किताब की) सिलाई करना, **2 to** ~ **up** (i) (वस्त्र की फटन को) सी देना, तुरपना, (ii) (घाव) सीना; ~**ing** *n* सिलाई; बखिया

stiver स्टाइवर *n* छोटे से छोटा सिक्का, दमड़ी, कौड़ी [Don't care a ~]

stoa स्टोअ *n* (*pl* ~a स्टोई) (*Gk archit*) द्वार-मंडप, वि० घर स अलग बना लंबा मंडप जो टहलने या गोष्ठी करने के काम में आ सके

stoat स्टोट *n* नेवले की जाति का जन्तु (= ermine)

stock¹ स्टॉक *n* 1 (पेड़ का) तना, स्कंध, 2 ठूँठ, 3 (पौधे की) डडी जिसमें कलम लगाई जाए [must be grafted on a sound ~], 4 कुल, वंश [He comes of a good, Kshatriya, ~], 5 (औज़ार का) हत्था, दस्ता, मूठ, (बन्दूक का) कुन्दा; **lock,** ~ **and barrel** (see lock *n*, 3); ~ of anvil निहाई का तला, 6 (in *pl*) वे शहतीर जिनके ऊपर जहाज़ का निर्माण किया जाता है; **ship on the** ~s जहाज़ जिसका निर्माण हो रहा हो; निर्माणाधीन पोत, 7 भंडार, संग्रह, निधि, ज़खीरा [has a great ~ of information], ~ of plays नाटक-संग्रह, नाटक-भंडार (see repertoire), 8 *commerc* (बिक्री का) माल, सामान ~ **in hand** तैयार माल; to be **in** ~ (माल का) दुकान में होना, to be **out of** ~ दुकान में न होना, ख़तम होना, **to take** ~ माल की सूची तैयार करना; (*fig*) **to take** ~ **of s.o.** किसी की योग्यता की जांच करना, **to take** ~ **of the situation** स्थिति की जांच करना या जायजा लेना, 9 *finance* (i) सरकार को दिया गया धन (जिस पर ऋणदाता को नियत सूद मिलता है), सरकारी या राष्ट्रीय ऋण; सरकारी हुंडी, (ii) (कंपनी या बैंक द्वारा शेयर बेच कर उगाहा हुआ) मूलधन, स्टॉक, (iii) **stocks and shares** शेयर (जो एक व्यक्ति दूसरे के हाथ बेच सकता है), विक्रेय हिस्से या ग्रंश; (iv) **to take** ~ **in** (*fig*) में दिलचस्पी लेना, से संबंध रखना, को महत्त्व देना, पर विश्वास करना, (v) **one's** ~ **rises, falls** व्यक्ति की साख या लोकप्रियता बढ़ती (अथवा घटती) है [What is his ~ in the party?]; 10 पशुधन [livestock], खेती के औज़ार [deadstock]; 11 *attrib* (1) ~ **play** नाटक-कंपनी के नाटक-संग्रह का कोई एक नाटक; बार-बार खेला जाने वाला नाटक; (2) ~ **character** अनेक नाटकों में प्रस्तुत किया जाने वाला पात्र, रूढ़ पात्र; (3) घिसा-पिटा, बार-बार बरता हुआ [~ argument, joke, phrase, etc]; [In a stock speech, the leader said . . .]; 12 *comb*: ~-**breeder** ढोर पालने वाला, ~-**broker** शेयर-दलाल, हुंडी-दलाल, **the S**~ **Exchange** शेयर-व्यापारियों की संस्था, शेयरव्यापारी-मंडल; शेयरों के क्रय-विक्रय का स्थान या भवन, शेयर-बाज़ार, ~**holder** ग्रंशधारी, शेयरहोल्डर, **stock-in-trade** व्यवसाय-विशेष की आवश्यक सामग्री; *fig* पूंजी, योग्यता, ज्ञान [the politician's ~-in-trade of a dozen catchwords]; ~-**jobber** शेयरों का सट्टा करने वाला, ~-**market** (i) शेयर-बाज़ार, (ii) शेयरों का क्रय-विक्रय; **stokpile** *n* & *vt* माल या परमाणु-अस्त्र आदि का संग्रह (करना), ~-**taking** माल-गणना, माल की पड़ताल; ~**yard** पशुओं को कुछ समय के लिए रखने का बाड़ा, पशु-शाला

stock² *vt* 1 (दुकान आदि में) माल भरना, माल जमा करना, आवश्यक सामग्री भरना [*a* well-stocked shop; a library stocked with books on every subject]; 2 (माल या सामान) रखना [We don't ~ the outsizes], 3 (बन्दूक में) कुन्दा लगाना, (औज़ार का) हत्था या दस्ता लगाना

stockade स्टॉकेड *n* & *vt* लट्ठे गाड़ कर या छोटी दीवार का बनाया हुआ घेरा, लट्ठों की मोर्चाबन्दी, लकड़कोट, रक्षार्थ मुंडेरा, प्राचीर; *vt* मुंडेरे या लट्ठों से मोर्चाबन्दी करना, प्राचीर बनाना

stocking स्टॉकिङ्ग *n* 1 (कम से कम) घुटने तक की जुर्राब, लंबा मोज़ा, 2 (of horse) **white etc** ~ टांग का निचला (सफ़ेद आदि) भाग जो शेष टांग से भिन्न वर्ण का हो; **in one's** ~**(s)** *or* ~**ed feet** (बिना जूते के) जुर्राब पहने हुए; [He is or stands six feet in his ~(s) feet]

stockist स्टॉकिस्ट *n* माल रखने वाला, थोक व्यापारी, स्टाकिस्ट

stocky स्टॉकि *n* 1 नाटा और हट्टा-कट्टा, 2 (*bot, zool*) घना; छोटा और मोटा

stodge स्टॉज *n* & *vi* (*colloq*) 1 भर-पेट भोजन, 2 खाऊ, पेटू; *vi* खूब खाना

stodgy स्टॉजि *a* 1 (of food) भारी, गरिष्ठ, 2 (of receptacle) खचाखच भरा हुआ, फूला हुआ; (of book, style) बहुत अधिक तथ्यों से भरा हुआ (अतएव अरोचक), नीरस, बे-मज़ा

stoic स्टोइक *n* & *a* 1 **S**~ ग्रीक दार्शनिक Zeno (*c* 308 B.C.) का अनुयायी; 2 सुख-दुःख आदि द्वन्द्वों के प्रति उदासीन, निर्द्वन्द्व, समत्वबुद्धि, तितिक्षु, तपस्वी, आत्मसंयमी (व्यक्ति); *adj* **S**~ **philosopher** स्टोइक-संप्रदाय का दार्शनिक; ~

indifference (समत्वबुद्धि व्यक्ति की-सी) नितान्त उदासीनता; ~al *a* समत्वबुद्धि, स्थितप्रज्ञ, निर्द्वन्द्व, अत्यन्त उदासीन; उदासीनता का [f. *Stoa Poikile*, the Painted Porch at Athens where Zeno taught his philosophy, see stoa]

Stoicism स्टोइसिज़म *n* **1** (ग्रीस का) स्टोइक दर्शन, **2** ममत्वबुद्धि, (सुख-दु:ख के प्रति) नितान्त उदासीनता, तितिक्षा, आत्मसंयम आदि

stoke स्टोक *vt* & *i* **1** (भट्ठी, इंजन में) कोयला भरना, कोयला झोंकना [to ~ (up) the furnace], **2** *vi* to ~ (up) कोयला भरना; *colloq* बहुत: खाना, निगलते जाना, **3** *comb*: **~hold** (*naut*) भट्ठी कक्ष, भट्ठीघर; **~hole** भट्ठी का मुंह

stoker स्टोकर *n* कोयला झोंकने वाला, आगवाला; mechanical ~ कोयला झोंकने का स्वचालित यन्त्र

stole स्टोल *n* **1** (गर्दन और कन्धों से घुटनों तक लटकता हुआ) पादरी का दुपट्टा, **2** (कन्धों पर ओढ़ने का) स्त्री का दुपट्टा, स्टोल

stolid स्टॉलिड *a* **1** जल्दी गुस्से में न आने वाला, न भड़कने वाला, शान्त, धीर, **2** सुस्त; आलसी; ज़िद्दी, बुद्धू-सा; **~ity** स्ट-लिडिटि, **~ness** *nn* **1** अनुद्वेग, शान्त स्वभाव, धीरता, **2** सुस्ती

stolon स्टोलन *n* **1** *bot* वृक्ष की लेटी हुई टहनी जो जड़ पकड़ लेती है और जिससे नया पौधा फूटता है, भूस्तरी, **2** (*zool*) जड़ की भांति निकला हुआ अंग, देहांकुर

stomach^1 स्टमक *n* **1** आमाशय, पक्वाशय, मेदा; **on an empty ~** ख़ाली पेट (होने पर); **on a full ~** भारी भोजन के तुरन्त बाद (जब कि खाना हज़म हो रहा होता है); भरे पेट पर, **2 pit of the ~** उरोस्थि के नीचे का गड्ढा जिसमें आमाशय होता है; पेट, उदर, जठर, **3** खाने की इच्छा, रुचि, भूख [~ for food]; **4** (विवाद, झगड़े या किसी काम के लिए) इच्छा, चाह, रुचि; उत्साह, हिम्मत [Has no ~ for the fight, controversy, etc], **5** *comb*: **~-ache** पेट का दर्द, उदरपीड़ा; **~ upset; upset ~** मेदे की तनिक ख़राबी या गड़बड़

stomach^2 *vt* **1** रुचि से खाना, इतना स्वादिष्ट लगना कि खाया जा सके, खा पाना, **2** *fig* (अपमान आदि) सहन करना, बरदाश्त करना, गवारा करना [I can't ~ this affront]

stomachal स्टमकल *a* आमाशय-संबंधी, आमाशय का; **stomachic** स्ट-मैकिक *a* & *n* **1** आमाशय का, **2** क्षुधावर्द्धक या पाचक (वस्तु या औषध)

stomatitis स्टोम-टाइटिस *n* मुंह की (श्लैष्मिक झिल्ली की) सूजन, मुखपाक

stomatogastric स्टॉमट-गैस्ट्रिक *a* मुंह और आमाशय का

stone^1 स्टोन *n* & *a* **1** पत्थर, प्रस्तर, पाषाण, **2** कंकड़, रोड़ी (=pebble, 1), **3** (भवन आदि निर्माण के लिए) शिला, सिल, (चक्की का) पाट, **4 to leave no ~ unturned (to do sth)** हर संभव उपाय बरतना, कुछ उठा न रखना, **to throw ~s** *or* **a ~ at s.o.** किसी को पत्थर मारना, (*fig*) किसी पर लांछन लगाना; **Those who live in glass houses should not throw ~s** जिसमें स्वयं दोष हो उसे दूसरों के दोष नहीं निकालने चाहिए, जिस पर आरोप लगाया जाए वह भी प्रत्यारोप कर सकता है; **stone's throw** दूरी जहां तक पत्थर फेंका जा सके, थोड़ी दूरी; **within a ~'s throw (of)** थोड़ी दूरी पर, पास ही; **5** कीमती पत्थर, रत्न, मणि [precious ~s], **6** (गुर्दे, मूत्राशय में) पत्थरी, अश्मरी, **7** (आम, आलूचे आदि की) गुठली, (अंगूर का) बीज, **8** ओला [hailstorm with ~s as big as marbles], **9 to have a heart of ~** कठोरहृदय होना, **10** चौदह पाउंड या 6.348 किलोग्राम की तौल; **11** *a* पत्थर का [~ jar, jug, etc]; **the S~ Age** पाषाणयुग, प्रस्तर-युग; **12** *comb*: **~-blind** बिल्कुल अन्धा, **~-crusher** रोड़ी बनाने की मशीन; ~-cutter संगतराश; **~-cold** बिल्कुल ठंडा, **~-dead** बिल्कुल मुर्दा, **~-deaf** बिल्कुल बहरा, **~-fruit** गुठलीदार फल, **~-pit** = quarry, **stonewall** *vi* & *t* (*crick*) बल्लेबाज़ का बेहद सावधानी से खेलते हुए खेल में बाधा डालना, रोधक बल्लेबाजी करना, (*fig, Parl*) लंबे भाषण द्वारा विषय-विशेष पर विचार करने में बाधा डालना [The Govt. was stonewalling the inflation issue], **~work** पत्थर की चुनाई

stone^2 *vt* **1** पत्थर मारना, पथराव करना; to ~ s.o. to death पत्थर मार-मार कर मार डालना, to ~ fruit फल की गुठली निकालना [~d dates etc]; **2** पत्थर जड़ना, पत्थरों का फ़र्श या दीवार बनाना

stony स्टोनि *a* **1** पथरीला, कंकड़ीला, **2** पत्थर-जैसा कड़ा, पाषाणवत् कठोर, **~ heart** पत्थर का कलेजा, **3** भावशून्य [~ look, stare]

stooge स्टूज *n* & *vt* (*sl*) **1** (वि॰ विदूषक का) उपहास-पात्र, **2** (घटिया काम में लगाया हुआ) मातहत कर्मचारी, टहलुआ, पिछलगा, पिट्ठू; *vi* **1** इधर-उधर जाना या उड़ना, मंडराना [to ~ about, around]; **2** to ~ **for** s.o. किसी का पिट्ठू या पिछलगा या टहलुआ होना

stool^1 स्टूल *n* **1** चौकी, तिपाई, स्टूल; **to fall between two ~s** दो नीतियों या उपायों या कामों में से किसी एक पर स्थिर न रहने के कारण असफल रहना, डांवांडोल होने के कारण असफल रहना; **2** *arch* खिड़की की निचली सिल या पट्टी; **3** शौचस्थान, टट्टी, पाख़ाना [to go to ~], **4** मल, पुरीष, विष्ठा, पाख़ाना [~ examination], **5** पौधे की जड़ या टूटे पेड़ का तना जिससे अंकुर फूट आवें, **6 ~-pigeon** (i) कबूतरों को फंसाने

के लिए सधाया हुआ कबूतर, (ii) *sl* पुलिस द्वारा दूसरों को पकड़वाने के लिए सिखाया हुआ व्यक्ति; मुख़बिर; भेदिया

stool^{2} *vi* 1 जड़ से अंकुर फूटना; 2 *sl* मुख़बिरी करना, भेदिये का काम करना

stoop^{1} स्टूप *vi & t & n* 1 झुकना, नवना, सिर नवाना [I had to ~ to get into the car], 2 नीचता करना, गिरना, पतित होना [to ~ to cheating etc]; to ~ to do sth अभिमान या आत्मसम्मान त्याग कर कोई काम करने को तैयार हो जाना, **to ~ to conquer** लक्ष्य या विजय प्राप्त करने के लिए आत्मसम्मान त्यागना या अपमान सहना, 3 झुक कर चलना, 4 *vt* झुकाना [to ~ one's head, shoulders, back, neck]; *n* शरीर या कमर का झुका होना, झुकाव; to walk with a ~ झुक कर चलना

stoop^{2} *n* (घर के सामने का) चबूतरा या छोटा बरामदा

stop^{1} स्टॉप *vt & i* (-pp-) 1 छिद्र बन्द करना [to ~ (up) a hole]; **2 to ~ one's ears** कानों में उंगलियां डाल लेना, कान बन्द कर लेना; *fig* सुनने को तैयार न होना, to ~ a tooth दांत (का छिद्र) भरना, **to stop a gap** (i) छिद्र बन्द करना, (ii) अस्थायी तौर पर रिक्त स्थान भरना; थोड़ी देर की ज़रूरत पूरी करना, **to ~ s.o.'s mouth** (रिश्वत देकर) किसी का मुंह बन्द करना; 3 रोकना, बंद करना, **to ~ the way** रास्ता रोकना या बंद करना, प्रगति रोकना; बाधास्वरूप होना, 4 (काम आदि) रोकना, बंद करना [to ~ a factory]; न देना [to ~ leave, wages, allowances]; (प्रथा आदि) समाप्त करना, अन्त करना, न होने देना; to ~ (payment of) a cheque चैक का भुगतान रुकवा देना, बैंक को लिख देना कि चैक का भुगतान न किया जाए; **to ~ payment** दिवाला निकालना; 5 विरामचिन्ह लगाना, 6 (*mus*) स्वराघात बदलना, 7 *vi* रुक जाना, बन्द हो जाना [The rain, My watch, has stopped]; **to ~ short** *or* **dead** एकाएक रुक जाना, to ~ short in one's speech भाषण के दौरान अचानक रुक जाना; 8 समाप्त हो जाना, अन्त हो जाना [The matter will not ~ here]; 9 **to ~ over (at, in)** रास्ते में (विश्राम आदि के लिए) रुकना [He'll ~ over in Delhi to meet us]; 10 *comb*: **stopcock** पानी को रोकने या कम-अधिक करने की टोंटी, रोक-टोंटी, **~gap** *a & n* कामचलाऊ या अस्थायी (व्यक्ति, चीज़, प्रबन्ध), **~over** रास्ते में रुकना या विश्राम या ठहराव; **~-press** (पत्र के) छपते-छपते दिया गया (समाचार) [~-press news]; **~-watch** (सेकंड गिनने की) विराम-घड़ी

stop^{2} *n* 1 रुकावट, अटकाव, विराम; **to come to a ~** रुक जाना; to be at a ~ रुका रहना, आगे न बढ़ पाना, प्रगति न करना, 2 समाप्ति, अन्त [to put a ~ to sth], 3 रुकना, ठहरना, रुकाव, ठहराव; **without a ~** रुके बिना, अविराम, अनवरत, 4 रुकने या ठहरने की जगह, विराम-स्थल, अड्डा, स्टाप [Bus ~]; विराम-काल [five minutes' ~], 5 विरामचिन्ह; **full ~** पूर्ण-विराम, (*fig*) **to come to a full ~** बिल्कुल बन्द हो जाना, 6 (बांसुरी आदि का) छिद्र; आर्गन बाजे का परदा, **to pull out all the ~s** सब तरह के सुर निकालना; भरसक प्रयत्न करना, एड़ी-चोटी एक करना; **with all the ~s out** एड़ी-चोटी एक करते हुए, 7 (खिड़की या किवाड़ को) अटकाने का उपकरण, अड़ानी, 8 खूंटी; 9 (*Phonet*) स्पर्श वर्ण (e.g., k, t, p)

stope स्टोप *n* 1 खान का (सीढ़ी-आकार) भाग जहां से खनिज निकाला जा रहा हो, गर्त; 2 खुदाई, निखनन

stoppage स्टॉपिज *n* (f. stop^{1}) 1 रुकना, रुकाव, ठहराव, विराम, विश्राम [5 minutes' ~], 2 रोक, रुकावट, अवरोध [intestinal ~], 3 रोकना, बन्द करना, निषेध, प्रतिबन्ध [~ of pay, leave, etc]

stopper स्टॉपर *n & vt* 1 (बोतल आदि की) डाट, काग, डट्टा, 2 रोक, प्रतिबन्ध, **to put a ~ on sth, on s.o.'s activities** कोई काम या किसी का कार्यकलाप बन्द करा देना; *vt* डाट लगाना

stopple स्टॉपल *n & vt* (बोतल या अन्य बर्तन की) डाट; *vt* डाट (लगाना)

storage स्टॉरिज *n* 1 (माल) भरना, संग्रह करना, भंडारण; 2 गोदाम, गोदाम-घर, 3 गोदाम-घर की समाई, 4 गोदाम-घर में रखने का भाड़ा, गोदाम-भाड़ा, 5 **cold ~** ठंडे गोदाम में रखना, इस का भाड़ा, इसके लिए उपलब्ध जगह, **to put a scheme in cold ~** (see cold^{1}, 8)

store^{1} स्टॉर *n & a* 1 भंडार, गोदाम, grain-~ खत्ता; 2 *fig* संचय, बाहुल्य, ख़ज़ाना, कोश, भंडार [has a ~ of energy, wit, etc], 3 भविष्य के लिए रखी हुई चीज़; **in store** आगे आने वाला, होने वाला [I have, Tomorrow has, a surprise in ~ for you]; भाग्य में बदा [What the future holds in ~ for us]; 4 (in *pl*) **stores** खाने-पीने का सामान, रसद; 5 दुकान [book-~]; **the ~s** हर तरह के माल की बड़ी दुकान, भंडार, 6 (in *pl*) विशेष प्रकार का सामान [military, naval, ~s], 7 *idioms*: **to lay** *or* **put** *or* **set great, little, no, no great, not much, ~ by sth** किसी चीज़ को बहुत, बहुत कम, महत्त्व देना; बहुत या बहुत कम मूल्यवान् समझना, 8 *adj* भविष्य के लिए रखा हुआ [~ cattle], 9 *comb*: **storehouse** भंडार, कोश, निधि [He, The book, is a ~house of information etc], **~keeper** (i) (U.S.) दुकानदार, (ii) भंडारी, कोठारी, **~-room** रसद या सामान रखने का कमरा, भंडार

गोदाम

store^{2} *vt* 1 (माल) भरना, संचय करना, संग्रह करना [S~ your mind with facts], 2 (भविष्य के लिए) जमा करना, एकत्र करना, भरना, 3 (थोड़ी देर के लिए सामान आदि कहीं) रखना, 4 (of receptacle) समाई होना, में समाना, में आना [A single cell can ~ a lot of energy]

storey, story स्टॉरि *n* 1 (इमारत की) मंज़िल, तल्ला [a house of three storeys]; 2 **upper ~** (*joc*) मस्तिष्क;**-storeyed, -storied** स्टॉरिड *a* मंज़िल वाला; two-, three-, storied दुमंज़िला, तिमंज़िला

storiated स्टॉरिएटिड *a* (of title-pages etc) सचित्र, सजावटी

storied स्टॉरिड *a* 1 इतिहासप्रसिद्ध, प्राचीन कथाओं में वर्णित, 2 ऐतिहासिक चित्रों से सुसज्जित

stork स्टॉर्क *n* सारस से मिलता-जुलता लंबी चोंच वाला पक्षी-विशेष, लकलक

storm^{1} स्टॉर्म *n* 1 आंधी (जिसके साथ प्राय: बिजली की कड़कड़ाहट या वर्षा या हिमपात हो), अंधड़, झक्कड़, तूफ़ान; **a ~ in a teacup** ज़रा-सी बात पर भारी क्षोभ या हंगामा, 2 बौछार [a ~ of abuse, applause, missiles, etc], 3 हलचल, उथल-पुथल, झगड़ा, युद्ध आदि; **storm & stress** (व्यक्ति या राष्ट्र के जीवन में) अशांति या क्रांति का समय; 4 हमला, धावा, आक्रमण, **to take a** stronghold **by ~** एकाएक ज़बरदस्त धावा बोल कर किला फ़तह कर लेना; **to take s.o., an audience, by ~** व्यक्ति या श्रोताओं या दर्शकों को झट मुग्ध कर लेना, 5 *comb*: **~-beaten** आंधी का मारा, *fig* मुसीबत का मारा; **~-bound** तूफ़ान के कारण रुका हुआ; **~-centre** चक्रवात या बवंडर का केन्द्र, *fig* विषय जिस पर विवाद या आन्दोलन उठ खड़ा हो, **~-cloud** भारी वर्षा करने वाला बादल, *fig* अशांति या क्रांति पैदा करने वाली स्थिति, उपद्रव या आंदोलन का मूल कारण, **~-signal** तूफ़ान (के आने) का संकेत; **~-troops** =shock^{1} troops; **~-water** अतिवर्षा का पानी; ~-water drain अतिवर्षा के पानी की नाली

storm^{2} *vi & t* 1 (of wind, rain) एकाएक तेज़ होना, ज़ोर पकड़ना, प्रचण्ड होना, 2 (of person) गरजना; धमकियां देना, घुड़कना [to ~ at s.o.], to ~ out of a meeting etc क्रोधपूर्वक बैठक से बाहर चले जाना, 3 *vt* (किले पर) अचानक धावा बोल देना, धावा बोल कर कब्ज़ा कर लेना [to ~ a fort etc; The police stormed the factory and arrested the striking workers]; **storming party** धावा बोलने वाली टुकड़ी

stormy स्टॉर्मि *a* 1 (of wind) प्रचण्ड, तेज़, (of weather) आंधी-पानी का, तूफ़ानी, (of sea) जिसमें ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हों, क्षुब्ध, (of coast etc) जहां प्राय: तूफ़ान आते हों, 2 **~ debate** गरमागरम बहस; **~ meeting** उत्तेजनापूर्ण या कोलाहलपूर्ण बैठक, हंगामी बैठक

story^{1} स्टॉरि *n* 1 कथा, कहानी, किस्सा, to tell a ~ कहानी सुनाना; **short ~** लघु कथा, 2 कथावस्तु, कथानक, 3 (घटना का) वर्णन, वृत्तान्त, बयान, बात [They all tell the same ~], **to make a long ~ short** अनावश्यक ब्योरे को छोड़ते हुए, संक्षेप में, संक्षेपत:; **the same old ~** (*fig*) बिल्कुल वैसा ही घटनाक्रम जैसा पहले कई बार हो चुका है, वही पुरानी रामकहानी; **it is quite another ~ now** (*fig*) अब तो स्थिति या हालत बिल्कुल बदल गई है; **the ~ goes** कहते हैं कि ···; 4 समाचार, ख़बर, 5 अफ़वाह, 6 *colloq* झूठ, झूठा किस्सा, गप, 7 *comb*: **~-book** कहानियों की किताब, **~-teller** कथाकार, कहानी-लेखक; कहानियां सुनाने वाला, किस्सागो; *colloq* गपोड़िया, झूठा

story^{2} *n* (see storey)

stoup स्टूप *n* प्याला, कटोरा; (गिरजे में) पवित्र जल की चिलमची

stout स्टाउट *a & n* 1 हट्टा-कट्टा, मोटा-ताज़ा, तगड़ा [a ~ fellow]; 2 बहादुर, दिलेर; **a ~ heart** दिलेरी, हिम्मत, साहस; **~-hearted** दिलेर, साहसी, बहादुर; 3 दृढ़, कड़ा, ज़ोरदार, **to make a ~ resistance** कड़ा विरोध या मुकाबला करना, ~ opponent कट्टर विरोधी, 4 (of thing) मज़बूत, पक्का [~ stick, cloth. etc], 5 (of person) मोटा, स्थूलकाय [to grow ~]; *n* तेज़ बियर (=porter, 3); **~ly** *adv* वीरतापूर्वक, बहादुरी से, दृढ़तापूर्वक; **~ness** *n* मोटापा

stove^{1} स्टोव *n & vt* 1 (कोयले, तेल, गैस, बिजली आदि की) अंगीठी, चूल्हा, स्टोव, 2 (gardening) तापघर=hothouse, *vt* (तापघर में) पौधा उगाना

stove^{2} (see stave^{2})

stow स्टो *vt* 1 (माल या सामान) ठीक ढंग से भरना (ताकि जगह ज़ाया न हो), जगह पर लगाना, पास-पास रखना या जमाना [to ~ the cargo, clothes, etc]; 2 (छकड़े, डिब्बे आदि में) ठीक ढंग से माल भरना या लादना [to ~ a wagon, trunk, etc], 3 **to ~ (sth) away** (चीज़ को) ठिकाने से रखना; (of person) **to ~ away** जहाज़ या विमान में छिप कर यात्रा करना (ताकि भाड़ा न देना पड़े), **stow-away** *n* (i) छिप कर यात्रा करने वाला, छिपा यात्री; (ii) माल भरने का स्थान; 4 *sl* (usu. in *imperat*) से बाज़ रहना, न करना, बन्द करना [Stow it! Stow that nonsense!]; **~age** *n* 1 जहाज़ में माल भरना, नौभरण, 2 माल भरने की जगह, समाई, 3 माल भरने का भाड़ा, भरण-शुल्क, भराई

strabismal स्ट्र-बिस्मल, **strabismic** स्ट्र-बिस्मिक *aa* भेंगा; भेंगेपन का; **strabismus** स्ट्र-बिस्मस *n* भेंग, भेंगापन

straddle स्ट्रैडल *vi & t & n* 1 टांगें फैला कर खड़ा होना या बैठना, 2 *vt* टांगें फैलाना [to ~ one's legs]; (घोड़े आदि पर) टांगें फैला कर बैठना, आर-पार बैठना [to ~ a horse, wall, etc], 3 (*mil*) to ~ a target लक्ष्य के वरे या परे गोले फेंकना, 4 *fig* दो नीतियों में से किसी एक पर स्थिर न रहना, डांवांडोल होना [to ~ an issue], *n* 1 टांगें फैला कर बैठने या खड़े होने की मुद्रा, 2 *St Ex* निर्दिष्ट कीमत पर माल आदि खरीदने या बेचने का अधिकार, तेज़ी-मन्दी विकल्प

strafe स्ट्राफ़ *vt & n* (*sl*) 1 गोलियां या गोले बरसाना, 2 डांटना-डपटना, झिड़कना, गाली देना; *n* गोलाबारी

straggle स्ट्रैगल *vi* 1 मुख्य दल से अलग हो जाना, साथ-साथ न रहना, छोटी-छोटी टोलियां बना कर चलना, तितर-बितर होना, बिना क्रम के चलना [The crowd ~d along], 2 इधर-उधर बिखरा या फैला होना [huts that ~ around the lake], 3 कहीं-कहीं या कभी-कभी होना, छिट-पुट होना, **~r** *n* दल से बिछड़ा हुआ व्यक्ति, भटका हुआ व्यक्ति, भटकैया

straggling स्ट्रैग्लिङ्ग *a* 1 बिना क्रम के फैला हुआ, बिखरा हुआ [~ village, houses, etc], 2 ~ plant बहुत फैला हुआ और अपतृणयुक्त पौधा

straight स्ट्रेट *a & n & adv* 1 सीधा, ऋजु [~ line], ~ hair जो घुंघराला न हो, ~ angle—180° का कोण, ऋजुकोण, 2 ईमानदार, खरा, सच्चा, निष्कपट [He is ~ in his dealings]: ईमानदारी का, खरा [~ dealings]; 3 तर्कसंगत, युक्तियुक्त [~ thinking], 4 स्पष्ट, साफ़, जिसमें वाक्छल न हो [~ answer], 5 यथाक्रम, यथास्थान, ठिकाने से रखा हुआ, सुव्यवस्थित [to **put things** ~]; ठीक [The accounts are ~]; **to put the record** ~ घटनाओं का ठीक विवरण देना (ताकि कोई ग़लतफ़हमी न रहे), 6 *Polit* सीधा, **~ contest.** (दो उम्मीदवारों में) सीधा मुकाबला; 7 खड़ा, लम्ब, सीधा [Your tie isn't ~], 8 (of aim, look, blow) सीधा लक्ष्य पर जाने वाला, ऐन निशाने पर लगने वाला; *n* 1 अवक्रता, सीध, **to be out of the** ~ खड़ा या लम्ब या सीधा न होना, टेढ़ा या तिरछा होना, 2 वस्तु का अवक्र या सीधा भाग; *adv* 1 सीधे, बिना मुड़े [Go ~]; 2 बिना घुमाव-फिराव के, साफ़-साफ़ [I tell you ~], 3 **to walk ~ in** बिना दस्तक दिये अन्दर चला आना या चला जाना, 4 **~ away** (*colloq*) तुरन्त; **~ off** बिना झिझके, बिना सोचे-विचारे, तुरन्त [I can't tell you ~ off]; **~ness** *n* 1 सीधापन; ईमानदारी, निष्कपटता, 2 स्पष्टता, 3 स्पष्टवादिता

straighten स्ट्रेटन *vt & i* 1 सीधा करना; 2 ठीक या ठीक-ठाक करना, सुव्यवस्थित करना, सुलझाना [to ~ (out) one's affairs]; 3 (*vi*) सीधा होना, **to ~ up** सीधा खड़ा होना; 4 ठीक हो जाना, सुलझना [Things will ~ out]

straightforward स्ट्रेट्फ़ॉर्वर्ड *a* 1 (of person) ईमानदार, खरा, सच्चा, बेलाग; स्पष्टवादी, 2 स्पष्ट, सीधा, बिना घुमाव-फिराव के [Give a ~ answer], 3 जिसमें कोई उलझन या कठिनाई न हो, सीधा, सरल [a ~ task]

strain^1 स्ट्रेन *vt & i* 1 ज़ोर से खींचना, कस कर तानना [to ~ a rope], 2 पर बहुत दबाव या बोझ डालना; to ~ **one's eyes, ears, etc** देखने या सुनने आदि की पूरी कोशिश करना; (also see 4 below); **to ~ every nerve** एड़ी-चोटी एक करना, पूरी-पूरी कोशिश करना, बहुत ज़ोर लगाना, 3 **to ~ one's authority, powers, rights, etc** अधिकार का अतिक्रमण करना; **to ~ the law** कानून को तोड़-मरोड़ कर बरतना; **to ~ a point** (काम निकालने के लिए) सिद्धान्त आदि का खींच-खांच के अर्थ लगाना, अविवक्षित अर्थ लगाना, 4 हद से ज़्यादा काम लेकर क्षति पहुंचाना, बहुत थकाना, थका डालना [Take care not to ~ your eyes, heart, etc]; to ~ a muscle मांसपेशी मुरकाना, to **~ oneself** अति श्रम कर के सेहत बिगाड़ लेना; 5 (द्रव को) छानना; छान कर (स्थूल अंश) अलग करना [to ~ sth out]; 6 (*vi*) बहुत ज़ोर लगाना [to ~ **at** a rope], **to ~ at a** gnat (see gnat), 7 पाने के लिए पूरा ज़ोर लगाना, बहुत प्रयत्न करना [to ~ after sth]; 8 छनना

strain^2 *n* 1 तनाव, खिचाव [the ~ on the rope], (खींचने में लगने वाला) ज़ोर; 2 (काम में पड़ने वाला) ज़ोर, बोझ [~ on one's eyes etc], परिश्रम, मेहनत; **at (full) ~** *or* **on the ~** पूरा ज़ोर लगाते हुए; 3 (शक्ति, धन आदि का) व्यय, ख़र्च [a great ~ on my resources], 4 स्वास्थ्य आदि पर बुरा प्रभाव [the ~ of modern life], 5 थकान, थकावट [the ~ of the journey], 6 (*poet, rhet*, usu in *pl*) राग, गीत, तान, लय, धुन [martial ~s, inspiring ~s], 7 लहजा [He said much more in the same ~]; 8 (स्वभाव आदि का) अंश, तनिक प्रवृत्ति, पुट [There is a ~ of weakness, ferocity, mysticism, etc in him]; 9 (मनुष्य या पशु का) वंश; नसल; (पौधे की) किस्म, उपजाति, उपभेद; **~er** *n* 1 छलनी, 2 छानने का कपड़ा, छन्ना, छन्नी

strained स्ट्रेन्ड *a* 1 यत्नकृत, कृत्रिम [~ laugh, cordiality], 2 **~ relations** बिगड़े हुए संबंध, अनबन, खटपट, तनाव, तनातनी, 3 **~ interpretation** खींच-खांच कर की गई व्याख्या, कष्टकल्पित

व्याख्या, 4 (of machine part) बिगड़ा हुआ, ख़राब, विकृत

strait स्ट्रेट *a* & *n*; *adj* (archaic exc in following) 1 तंग, ~ **gate** तंग द्वार, 2 कड़ा, सख़्त, **~-jacket**, **~-waistcoat** (पागलों की बाहों को जकड़ने के लिए) लंबी आस्तीन की कड़े कपड़े की फ़तूही, जकड़जामा, *fig* विकास आदि रोकने वाली कार्यवाही, कठोर बन्धन, जकड़; *vt* जकड़ना; 3 **~-laced** (only *fig*) अति सदाचारी, *n* 1 जलडमरूमध्य, (usu in *pl* when used with name, *e.g.* the Straits of Dover); 2 (usu in *pl*) कठिनाई, परेशानी, मुसीबत, उलझन, दुविधा [to be in desperate *or* dire ~s]

straiten स्ट्रेटन *vt* तग या संकुचित करना, **~ed circumstances** ग़रीबी, दरिद्रता, तंगी

strake स्ट्रेक *n* 1 (जहाज़ के अगले सिरे से पिछले सिरे तक बिछे हुए) तख़्तों या पट्टियों की पंक्ति, पट्टियां, 2 (पहिये के) हाल का भाग

stramonium स्ट्रे-मोनिअम *n* 1 एक प्रकार का धतूरा, 2 इससे बनी (दमे की) दवा

strand^{1} स्ट्रैन्ड *n* & *vt* & *i* 1 (*rhet* or *poet*) (समुद्र, झील या नदी का) तट, 2 रेती; *vt* (जहाज को) रेती पर चढ़ा देना; *vi* रेती पर चढ़ जाना, रेती में धंस जाना (also see stranded^{1})

strand^{2} *n* & *vt* 1 (रस्सी का एक) सूत्र, तार, लड़, 2 (मोतियों, मनकों की) लड़ी, 3 (बालों की) लट, 4 *fig* (सावयव वस्तु का) अवयव, तत्व, भाग, अंश (= strain^{2}, 8)

stranded^{1} स्ट्रैन्डिड *a* (f. strand^{1}) 1 मुसीबत में फंसा हुआ, कष्टग्रस्त, 2 जो धन या सवारी के अभाव में कहीं आ-जा न सके, जो वहीं का वहीं रह गया हो; (औरों के आगे निकल जाने पर) वहीं रुका हुआ, फंसा हुआ [Buses were pressed into service to help the ~ passengers]

stranded^{2} *a* (f. strand^{2}) लड़ों या तारों वाला [three-~ rope]

strange स्ट्रेन्ज *a* 1 जो अपना न हो, पराया, बेगाना [in a ~ land; they began to worship ~ gods], अपरिचित [~ faces], 2 विचित्र, अजीब, निराला, अनोखा, ~ **to say** (as *parenth*) अजीब (या आश्चर्य की) बात यह है कि, 3 आश्चर्यजनक [Truth is ~er than fiction], 4 सनकी; He is very ~ in his manner वह पागल-सा लगता है; 5 **I feel** ~ (i) मेरा सिर चकरा रहा है; (ii) यह स्थान या वातावरण मेरे अनुकूल नहीं है; 6 ~ **to sth** से अपरिचित या अनभिज्ञ, का अनभ्यस्त [I am ~ to the work]; **am quite ~ here** मैं यहां के लोगों, रास्तों आदि से परिचित नहीं हूं; **~ness** *n* 1 परायापन, 2 विचित्रता, निरालापन, 3 काम से (व्यक्ति की) अनभिज्ञता [the ~ness of the work]

stranger स्ट्रेन्जर *n* 1 विदेशी, परदेसी, आगन्तुक, बाहर का आदमी, **Am a ~ here, to the town etc** मैं यहां (या इस शहर) के रास्तों से परिचित नहीं हूं; 2 जो संसद् या सभा का सदस्य न हो, अन्यजन, 3 अज्ञात, अपरिचित, अजनबी [He is no, is a, ~ to me], 4 जिसे अनुभव न हुआ हो; **He is a ~ to fear** वह नहीं जानता कि डर क्या होता है; 5 **the little ~** (*joc*) नवजात शिशु

strangle स्ट्रैङ्गल *vt* 1 गला घोंट कर मारना, 2 (of collar etc) तंग होने के कारण गले को कसना, 3 *fig* (आंदोलन, भावना आदि) को दबा देना, दमन करना; **~hold** *n* कड़ी जकड़, गलाघोंटू पकड़; *fig* गला घोंटने वाली या घातक चीज़ या स्थिति आदि, गल-फांसी [the ~hold of the new taxes]

strangles स्ट्रैङ्गल्ज *n pl* (usu treated as *sing*) (घोड़े, गधे आदि का) ज्वर तथा जुकाम, हुबक

strangulate स्ट्रैङ्ग्युलेट *vt* (*path*) (नाड़ी, आंत आदि में संचार) अवरुद्ध करना [to ~ a vain, intestine, etc]; **strangulation** स्ट्रैङ्ग्युलेशन *a* 1 (f. strangle) गला घोंट कर वध, गला घुटने से मृत्यु, 2 (f. strangulate) (नाड़ी, आंत में) संचार-अवरोध

strangury स्ट्रैंग्युरि *n* 1 मूत्रकृच्छ्र, 2 पौधों का रोग-विशेष

strap^{1} स्ट्रैप *n* 1 चमड़े की पट्टी या धज्जी, 2 बांधने के लिए प्राय: बक्सूएदार फ़ीता, पट्टा, पेटी, तसमा, (घड़ी का) फ़ीता; (कुत्ते का) पट्टा; (जूते का) तसमा, 3 (वस्तुओं को जोड़ने, जकड़ने के लिए) लोहे की पट्टी, 4 (उस्तरा तेज करने का) चमोटा, 5 (the) ~ चमड़े की पेटी की मार (also, *sl.* ~-oil), 6 *comb:* **~hang** *vi* (बस आदि में) लटकती पट्टी पकड़ कर खड़े-खड़े यात्रा करना, **~-hanger** (पट्टी पकड़ कर) खड़ा यात्री

strap^{2} *vt* (-pp-) 1 फ़ीते या तसमे या पेटी से बांधना [to ~ sth (up)], 2 पेटी से मारना, 3 (घाव पर) चेपदार फाहा लगाना, 4 (उस्तरे को) चमोटे पर तेज़ करना

strapping स्ट्रैपिङ्ग *a* हट्टा-कट्टा, हृष्ट-पुष्ट, और लंबा [a ~ fellow, girl]

strata स्ट्रेट: (see stratum)

stratagem स्ट्रैट-जम *n* 1 शत्रु को धोखे में डालने की युक्ति, तरकीब, चाल, दांव-पेंच, 2 कूटनीति, कपट, छल [The Wooden Horse was a ~ devised by the Greeks]

strategic(al) स्ट्र-टीजिक(ल) *aa* 1 युद्ध संचालन का [~ skill], 2 युद्ध जीतने के लिए महत्त्वपूर्ण या अनुकूल [~ position], 3 सामरिक (महत्त्व का) [~ material], 4 (of bombing) शत्रु की अर्थ-व्यवस्था बिगाड़ने और उसकी हिम्मत तोड़ने के लिए किया हुआ, विध्वंसक

strategics स्ट्र-टीजिक्स = strategy

strategist स्ट्रैटिजिस्ट *n* युद्धकलाविशारद (see foll)

strategy स्ट्रैटिजि *n* 1 युद्धसंचालन-कला (जिससे सेनानायक अपने अनुकूल स्थान, समय और स्थिति में शत्रु को लड़ने पर बाध्य कर देता है), युद्धकौशल, युद्धनीति, 2 *fig* चाल, तरकीब, युक्ति

straticulate स्ट्र-टिक्युलेट *a* (*geol*) सूक्ष्म परतों वाला, सूक्ष्मस्तरित

stratification स्ट्रैटिफ़ि-केशन *n* 1 स्तरीकरण, स्तरीभवन, 2 स्तरविन्यास

stratified स्ट्रैटिफ़ाइड *a* स्तरमय, स्तरित

stratiform स्ट्रैटिफ़ॉर्म *a*=prec

stratify स्ट्रैटिफ़ाइ *vt* परतों या स्तरों में रखना या विभक्त करना, स्तरमय बनाना, स्तरित करना, स्तरीकरण करना

stratigraphy स्ट्र-टिग्रफ़ि *n* 1 स्तरविज्ञान, 2 स्तरविन्यास

stratocracy स्ट्र-टॉक्रसि *n* सैनिक शासन, सेना-शाही

stratosphere स्ट्रैटस्-फ़िअर *n* भूतल से लगभग सात मील से पन्द्रह मील तक की ऊंचाई का वायु-मंडल (जिसमें तापमान सम रहता है), समतापमंडल

stratum स्ट्रेटम, स्ट्राटम *n* (*pl* -ta) 1 *geol* (खनिज पदार्थ की) परत, तह, स्तर, 2 एक-दूसरे के ऊपर जमी हुई परतें, स्तरसमूह, 3 वायुमंडल की परत, 4 *fig* छोटे-बड़े लोगों के विभिन्न वर्गों में से एक, दरजा, वर्ग, सामाजिक स्तर [the various strata of society]

stratus स्ट्रेटस *n* (*pl* -ti स्ट्रेटाइ) चादर-सा फैला हुआ बादल, स्तराकार मेघ, स्तरमेघ

straw स्ट्रॉ *n* 1 अनाजों के सूखे डंठल, पयाल, पुआल, पलाल [~ hat]; डंठलों का चूरा, भूसा, घास-फूस [~ mattress; ~ roof]; **man of ~** घास-फूस का पुतला, साधनहीन व्यक्ति, काल्पनिक प्रतिद्वन्द्वी, 2 एक डंठल, तृण, तिनका [to drink lemonade through a ~]; **to catch** *or* **grasp at a ~** तिनके का सहारा लेना; **the last ~** जरा सी बात या तनिक कष्ट जो सहन-सीमा से अधिक हो; **a ~ in the wind** आने वाली घटनाओं का स्पष्ट संकेत, 3 *comb*: **~-board** गत्ता, **~-coloured** हल्के पीले रंग का, **~ poll**, **~ vote** (U.S.) किसी प्रश्न पर लोगों की राय जानने के लिए ग़ैर-सरकारी मतसंग्रह, जनविचारसंग्रह

strawberry स्ट्रॉब्रि *n* स्ट्राबरि (पौधा); इसका लाल रंग का गूदेदार फल

stray स्ट्रे *vi*, *n* & *a* 1 भटकना, रास्ता भूल जाना, पथभ्रष्ट होना, 2 साथियों से अलग पड़ जाना; (of sheep) झुंड से बिछुड़ जाना, 3 to ~ from the right path विपथगामी होना, कुमार्ग पर चलना; *n* 1 भटका हुआ पालतू पशु; **waifs and strays** (see waif), 2 लावारिस की राजगामी संपत्ति, 3 (usu in *pl*)=**atmospherics**; *a* 1 आवारा, भटका हुआ, पथभ्रष्ट; 2 कहीं-कहीं या कभी-कभी होने वाला, विरला, छिट-पुट [a few ~ instances], 3 निशाने से इधर-उधर जाने वाला [hit by a ~ bullet], 4 ~ thoughts परस्पर असंबद्ध विचार, 5 a ~ customer कोई भूला-भटका गाहक

streak स्ट्रीक *n* & *vt* & *i* 1 (शेष सतह से भिन्न रंग की टेढ़ी) रेखा, धारी; **~ of lightning** कौंध; like a streak of lightning बड़ी तेज़ी या फुरती से; 2 परत, तह; खनिज पदार्थ से भरी दरार, शिरा [~ of ore], 3 तनिक प्रवृत्ति; अंश, पुट [has a ~ of humour in him; a ~ of Aryan blood]; *vt* धारी या धारियां डालना; *vi* to ~ **off** बड़ी तेज़ी से जाना; **~y** *a* धारीदार

stream^{1} स्ट्रीम *n* 1 छोटी नदी, सरिता, **up~** *adv* & *a* नदी के स्रोत की ओर (जाता हुआ या स्थित), **down~** *adv* & *a* नदी के बहाव की ओर (जाता हुआ या स्थित), 2 प्रवाह, धार, धारा [~ of blood, lava], ~ of tears अश्रुधारा; ~ of people चलता हुआ जनसमूह, लोगों का तांता; 3 प्रवाह की दिशा, बहाव का रुख़, with the ~ बहाव के साथ-साथ; **to go with the ~** दुनिया के साथ चलना, दूसरों की तरह करना; **against the ~** बहाव के प्रतिकूल; (of factory) **on stream** जहां निर्माणकार्य हो रहा हो, **to go on ~** निर्माण आरंभ करना; चालू होना; 4 एक ही कक्षा के छात्रों का योग्यतानुसार नियत (भिन्न-भिन्न) वर्ग, धारा

stream^{2} *vi* & *t* 1 (of liquid) बहना, की धार बहना, 2 (of people) बराबर आता या जाता रहना, तांता लग जाना [to ~ in, out]; 3 (of loose hair, banner, etc) लहराना, फहराना, 4 *vt* की धार बहाना, 5 छात्रों को भिन्न-भिन्न वर्गों या धाराओं में रखना

streamer स्ट्रीमर *n* 1 फरहरा, झंडा, पताका, 2 **(paper) ~s** लंबी झंडियां, 3 *journ* बड़ा शीर्षक; 4 in *pl*=aurora borealis

streamline स्ट्रीम्-लाइन *n* & *vt* 1 जलधारा या वायु-प्रवाह की स्वाभाविक दिशा जिसमें कम से-कम रुकावट आती है; प्रवाहमार्ग, 2 **~ shape** (विमान या मोटर की) ऐसी बनावट या आकार जिससे उसके चलने में कम-से-कम रुकावट आए; द्रुत-तम गति वाली बनावट या आकार, तीव्रगामी बनावट, *vt* तीव्रगामी बनाना; *fig* जल्दी काम निपटाने योग्य बनाना, कुशल या सुक्रियाशील बनाना, सरल और सुव्यवस्थित बनाना [to ~ the administration]; **~d** *a* 1 द्रुतगामी, तीव्रगामी, 2 सुक्रिया-शील, चुस्त, निर्बाध काम करने वाला, जल्दी काम निपटाने वाला

street स्ट्रीट *n* 1 सड़क (जिसके एक या दोनों ओर मकान बने हों), गली; **the man in the ~** साधारण नागरिक, आम आदमी; **not in the same ~ (with)** उतना अच्छा नहीं (जितना कि), से

बहुत घटिया; **~s ahead (of)** *colloq* से कहीं बढ़िया या आगे, 2 (of St.-Ex. business) **in the street** शेयर-बाज़ार बन्द होने के बाद का (क्रय-विक्रय), **3 to be on the ~s** वेश्यावृत्ति करना, वेश्या बनना; **4 ~-walker** (वीथी-) वेश्या, बाज़ारी औरत

strength स्ट्रें ङ्ग्थ *n* **1** (of body) शक्ति, बल, ताकत, ज़ोर; **~ of mind** मनोबल, **~ of character** चरित्रबल, **2** सामर्थ्य, क्षमता, ताकत, **from ~ to ~** उत्तरोत्तर अधिक सफलता प्राप्त करते हुए; **3** मज़बूती, दृढ़ता, पक्कापन [~ of a rope, beam], **4** (घोल का) गाढ़ापन, सान्द्रता, **5 on the ~ of** (your promise etc) के बल या भरोसे पर; **6** कुल उपस्थित संख्या का अंश या अनुपात; to be present **in ~** भारी संख्या में उपस्थित होना, **7** *mil* (बटालियन आदि की) पूरी संख्या, नफ़री, सैनिक-सूची, हाज़िरी-रजिस्टर; **not on the ~** जो सूची में न हो, **on the ~** सूचीगत

strengthen स्ट्रें ङ्ग्थन *vt* & *i* **1** अधिक मज़बूत या दृढ़ बनाना, और पक्का करना [to ~ a wall, beam, etc], **2** (*fig*) **to ~ s.o.'s hands** किसी के हाथ मज़बूत करना, समर्थन के द्वारा बल या साहस बढ़ाना, **3** *vi* बल या शक्ति बढ़ना; दृढ़ या मज़बूत होना

strenuous स्ट्रें न्युअस *a* **1** (of person) जुट कर काम करने वाला, अध्यवसायी, कर्मठ, मेहनती, उद्यमी; **2** (of task) बड़ी मेहनत का, जिसमें तनिक विश्राम न मिले, श्रमसाध्य, **3** (of effort) ज़बरदस्त, कड़ा

streptomycin स्ट्रेंप्ट-माइसिन *n* जीवाणुनाशक (antibiotic) औषध-विशेष

stress स्ट्रें स *n* & *vt* **1** विवश या बाध्य करने वाला दबाव, विवशता, **under ~ of poverty** ग़रीबी से मजबूर होकर, **2** कष्ट, क्लेश, तकलीफ़; काम का ज़ोर [subjected to great ~], **~ disease** (निरन्तर) कार्याधिक्य (के कारण होने वाला) रोग, **3** ज़ोर, बल, महत्त्व; **to lay ~ on** (a fact etc) पर बल देना, को महत्त्वपूर्ण बताना; **4** *phonet* उच्चारण में दिया जाने वाला बल, स्वराघात [to lay ~ on a syllable, word]; **5** *mech* दबाव, प्रतिबल; *vt* **1** पर बल या ज़ोर देना, को महत्व देना [He ~ed the fact that . . .], **2** स्वराघात करना, **3** *mech* पर भार या बोझ या दबाव डालना [to ~ a beam]

stretch^{1} स्ट्रें च *vt* & *i* **1** खींचना [to ~ a spring]; **2** खींच कर फैलाना, तानना [to ~ a wire across the road]; **3** खींचकर लंबा करना; **to ~ one's legs** टांगें सीधी करना अर्थात् बैठे रहने से थक कर टहलने लगना; to ~ (oneself) अंगड़ाई लेना; **to ~ s.o. on the ground** किसी को ज़मीन पर बिछा देना, धराशायी करना, चित करना; **to ~ out** (one's hand, foot, etc) पसारना, फैलाना, **4 to ~ a point** नियम को ढीला करते हुए कोई बात मान लेना, रिआयत करना; to ~ one's authority अधिकार का अतिक्रमण करना; **to ~ (the truth)** अत्युक्ति करना; झूठ बोलना, **5** *vi* निर्दिष्ट लंबाई या विस्तार का होना; फैला हुआ होना [The trail of the meteor ~es across the sky], **6** खिंचना, लंबा होना या हो सकना, फैल सकना [The material ~es easily], **7** (of limbs) पसरना

stretch^{2} *n* **1** पसार, अंगड़ाई, **2** फैलाव, प्रसार, विस्तार, वितान, **3** खींच-तान, अतिक्रमण [by a ~ of authority]; **by a ~ of the imagination** यथासभव कल्पना कर के, कल्पना का सहारा लेकर; **4** (देश या काल का) निरन्तर भाग, टुकड़ा [a ~ of the road], दूरी, फ़ासला [a ~ of ten miles]; he works 10 hours **at a ~** वह निरन्तर 10 घण्टे काम करता है

stretcher स्ट्रें चर *n* **1** रोगी को उठा कर ले जाने की किरमिच-युक्त चौखट, स्ट्रेचर; **2** (in masonry) खड़ी ईंट, **3** चप्पू चलाते समय पैर अड़ाने का फट्टा, पाँव-फाँम

strew स्ट्रू *vt* (*pp* ~n *or* ~ed) बिखेरना, छितराना [to ~ sand, flowers, etc **over** the floor; to ~ the floor **with** flowers etc]

stria स्ट्राइअ *n* (*pl* **-ae**) **1** रेखा, पतली धारी, **2** गहरी अथवा उभरी हुई लकीर, **3** *archit* (खंभे पर बने खांचों के बीच की) पट्टी

stricken स्ट्रिकन *a* (*pp* of strike^{1}) पीड़ित; **~ with fever** ज्वरग्रस्त, **~ with grief** शोकसंतप्त; **~ heart** अनुतप्त हृदय

strickle स्ट्रिकल *a* **1** (बर्तन में भरे) गल्ले को नापने की छड़, **2** सान

strict स्ट्रिक्ट *a* **1** सुनिश्चित, सही, ठीक [in the ~ sense of the word], **2** कड़ा, सख़्त [~ orders], कठोर [~ discipline], **3** नियम पर दृढ़ रहने वाला, नियमनिष्ठ; **to be ~ with s.o.** किसी के साथ नियमानुसार या यथायोग्य बर्ताव करना, ज़रा लिहाज़ न करना, **4** पक्का, कट्टर [~ vegetarian], पूर्ण, पूरा, **in ~ seclusion** बिल्कुल एकान्त में; in ~ confidence (see confidence); **~ly** *adv* **1 ~ly speaking** सही अर्थ या अर्थों में, असल में, **2** सर्वथा, पूर्णरूपेण, बिल्कुल, एकदम [Smoking is ~ly prohibited], **~ness** *n* **1** यथातथ्य, **2** कड़ाई, सख़्ती, कठोरता, **3** अतिनियमनिष्ठा

stricture स्ट्रिक्चर *n* **1** (usu in *pl*) कटु या कड़ी आलोचना, निन्दा, भर्त्सना [**to pass ~s (up)on** s.o.], **2** *path* सिकुड़न, सिकुड़ाव, आकुंचन

stride स्ट्राइड *vi* & *t* & *n* **1** लंबे डग भरना [to ~ along], **2** एक ही डग में लांघ जाना [to ~ over a ditch etc], **3** *vt* = straddle 2; *n*

डग, कदम, (*fig*) **to make great ~s** (थोड़े ही समय में) बहुत प्रगति करना [The country has made great ~s towards self-sufficiency]; **to take sth in one's stride** साधारण डग भरते हुए (रुकावट को) पार कर लेना, सहज में लांघ जाना, *fig* बड़ी आसानी से (काम) कर पाना, कोई कठिनाई न महसूस करना; **to get into one's ~** अपनी स्वाभाविक रफ़्तार से चलने लगना, चाल पकड़ना; *fig* स्वाभाविक योग्यता से काम करने लगना, (धीरे-धीरे) काम में लग जाना;**to be thrown out of one's ~** (*fig*) घबरा जाना

stridency स्ट्राइडन्सि *n* (of sound) तीक्ष्णता;

strident स्ट्राइडन्ट *a* कर्कश और ऊँचा, कर्णभेदी, तीक्ष्ण

stridulant स्ट्रिड्युलन्ट *a* (f. foll) झंकार करने वाला

stridulate स्ट्रिड्युलेट *vi* (झींगुर आदि का) शरीर के कड़े अंगों के परस्पर-घर्षण से कर्ण-कटु शब्द करना, झंकारना, झनकारना, चीं-चीं करना; **stridulation** स्ट्रिड्यु-लेशन *n* घर्षण-ध्वनि, झंकार, झनकार

strife स्ट्राइफ़ *n* 1 लड़ाई, झगड़ा, खटपट [to be at ~ (with s.o.)], विरोध, (विरोधी भावों या व्यक्तियों में) संघर्ष

strigil स्ट्रिजिल *n* (*Gk. & Rom. ant.*) 1 झाँवाँ, 2 (of insect) स्पर्शक आदि साफ़ करने का अङ्ग, खुरचनी

strigose स्ट्राइगोस *a* (*bot*) सख़्त बालों वाला, रूक्षरोमी; शल्कयुक्त

strike^1 स्ट्राइक *vt & i* (*pt* struck; *pp* struck or *arch* stricken) I *vt* **1** मारना, पीटना, प्रहार करना, वार करना [to ~ s.o. (with one's fist etc)], to ~ a blow आघात करना; to ~ at s.o. वार करना; *abs*: **to ~ home** वार निशाने पर लगना; **to ~ at the root of** की जड़ खोदना, **2 to ~ a bargain (with s.o.)** (see bargain^1); **to ~ a deal** (*colloq*) सौदा करना, to ~ a chord तार छूना या छेड़ना, तार झनकारना; to ~ a coin सिक्का गढ़ना या बनाना, to ~ a match दियासलाई जलाना, **to ~ a light** (दियासलाई आदि जलाकर) रोशनी करना, लेम्प जलाना; **4** प्रविष्ट करना, घुसेड़ना, भोंकना [to ~ a knife into s.o.'s heart]; to **~ terror into s.o.'s heart** किसी को भयभीत करना, **5** (of plant) **to ~ root** जड़ पकड़ना, **6** से टकराना, टक्कर खाना [to ~ (against) sth; the ship strikes (on) the rocks]; **7** (अचानक) मिलना; to ~ a mine (खोदते-खोदते) खान मिलना; **to ~ oil** (i) पेट्रोल (के कूएं) का पता लगना, (ii) *fig* किस्मत खुलना, अभीष्ट वस्तु या सफलता प्राप्त होना; **8** मन में विचार आना या उठना, सूझना [an idea struck me]; **9** लगना, प्रतीत होना [He ~s me as sincere; it ~s me that . . .]; **How does it ~ you?** इसके बारे में आपका क्या ख़्याल है? आपको कैसा लगता है? **10** ध्यान आकर्षित करना, प्रभावित करना [what ~s me is his frankness]; **11** काम बन्द कर देना, हड़ताल करना [to ~ (work)]; **12** to ~ an attitude रुख़ या रवैया अपनाना, **to ~ a balance** (i) (देने-पावने का) शेष निकालना, (ii) संतुलन स्थापित करना, **13** उतारना, **to ~ a flag,** झंडा नीचे करना या झुकाना या उतारना; **to ~ one's flag** जहाज़ या किला शत्रु के हवाले करने के विचार से झंडा झुकाना, आत्मसमर्पण करने का संकेत करना, II (*vi*) (of clock] घंटा बजाना [The clock struck six], घंटा बजना [it has just struck nine]; III (with *prepp*) *vt & i*, to **~ against** (see I, 6); to **~ back** जवाबी वार या हमला करना, to **~ down** (घूंसे से) मार गिराना, to **~ for** higher pay वेतन बढ़वाने के लिए हड़ताल करना, to ~ (a word, s.o.'s head) **off** (शब्द, सिर) काट देना, उड़ा देना; to **~ into, out of,** a track (सड़क छोड़ कर) पगडंडी पकड़ना; पगडंडी छोड़ना, to ~ to the right etc दायें मुड़ना, to **~ out** (शब्द, वाक्य आदि) काट देना, **to ~ out a path** रास्ता बना लेना; to **~ out** in a new direction नयी दिशा में चल पड़ना या मुड़ जाना; to **~ up** (राग) अलापना, (धुन) बजाना [The band struck up *jana-gana-mana*]; **to ~ up an acquaintance with s.o.** किसी से परिचय स्थापित या पैदा करना, to **~ upon** (an idea etc) कोई बात सूझ जाना

strike^2 *n* **1** हड़ताल [**to go on ~, to be on ~**]; **token ~** सांकेतिक हड़ताल, **sit-down ~** 'बैठे-रहो' हड़ताल; उपस्थिति-हड़ताल, **2** अचानक (पेट्रोल, स्वर्ण आदि की) खान मिलना; आकस्मिक सफलता, **3** (वि॰ हवाई) हमला, आक्रमण, **4** = strickle, 1; **5** *comb*: **~-bound** हड़ताल के कारण बन्द, हड़ताल-ग्रस्त; **~-breakers** हड़तालियों की जगह पर रखे गये मज़दूर या कर्मचारी; हड़ताल-भंजक; **~ pay** (मज़दूरसंघ द्वारा हड़तालियों को दिया जाने वाला) हड़ताल के दिनों का निर्वाह-ख़र्च

striker *n* हड़ताल करने वाला, हड़ताली

striking स्ट्राइकिङ्ग *a & n* ध्यानाकर्षक, आश्चर्यजनक, असाधारण, विशेष, ख़ास [~ resemblance, **feature**]; *n* प्रहार, मार, आघात, **within ~ distance** मार के अन्दर; **~ force** (i) प्रहार शक्ति; (ii) हमला करने को हर दम तैयार सेना, आक्रमण-सेना

string स्ट्रिङ्ग *n* **1** रस्सी, डोरी, सुतली, सूत; (धनुष की) डोरी, प्रत्यंचा; (पतंग की) डोर; (चोगे आदि की) तनी, फ़ीता, (घाघरे, पाजामे आदि का) नाड़ा, (रैकिट की) तांत; (कठपुतली का) तार; **2** *idioms*: **to have s.o. on a ~** किसी की नकेल हाथ में होना; कोई व्यक्ति पूरी तरह अपने वश में

होना; **to pull the ~s** किसी को अपने इशारे पर चलाना, सूत्रधार होना; **to have two ~s to one's bow** (see bow^1); **first ~** मुख्य साधन या सहारा; **second ~** अतिरिक्त या वैकल्पिक साधन, 2 (वाद्य-यन्त्र का) तार, तन्त्री, तांत; **to touch the ~s** (वाद्ययन्त्र) बजाना, तार छेड़ना; **to touch a** (sympathetic etc) **~** (सहानुभूति आदि की) भावना जागृत करना; **to harp on one ~. on the same ~** एक ही विषय की बार-बार चर्चा करना, पिष्टपेषण करना; (in orchestra) **the ~s** तार वाले बाजे, तन्त्रीवाद्य, 3 (एक ही तरह की चीजों का) तांता, सिलसिला, कतार [a ~ of vehicles, tourists, porters, lies, etc], 4 लड़ी, माला, हार [a ~ of onions, beads, etc]; 5 (लोबिये, सेम आदि की फली का) रेशा; 6 in *pl.* **~s** शर्तें, प्रतिबन्ध [**aid without** (political) **~s, with no ~s attached**], 7 *comb*: **~ alphabet** (अंधों के लिए) डोरी पर गांठें देकर बनी वर्णमाला, (in masonry) **~-course** किंगरी रद्दा, निकसा रद्दा, प्रक्षिप्त रद्दा

string^2 *vt & i* (strung) 1 (मनकों, मोतियों को) पिरोना, गूंथना [to ~ the beads, pearls], 2 (रस्सी आदि से) बांधना; 3 (रैकिट में) तांत लगाना, 4 (धनुष का) चिल्ला या प्रत्यंचा चढ़ाना, 5 **to ~ up** कसना; *fig* तैयार करना, to ~ up the senses, nerves इन्द्रियों या तंत्रिकाओं को उत्तेजित करना, to ~ s.o. **up** (i) उत्तेजित करना; (ii) फांसी चढ़ाना; **high-strung** *or* **highly strung** बहुत तना हुआ, उत्तेजित, उत्तेजनाशील, असहिष्णु, जरा-सी बात पर मरने-मारने को तैयार, चिढ़ा हुआ, 6 *vi* **to ~ along with** s.o. (स्वार्थसाधना के लिए) किसी के साथ-साथ रहना, से चिपका रहना

stringency स्ट्रिन्जन्सि *n* 1 कड़ाई, सख़्ती, कठोरता, 2 धनाभाव, अर्थसंकट, तंगी

stringent स्ट्रिन्जन्ट *a* 1 (of rules, stipulations, etc) कड़ा, सख़्त, कठोर, (of measures) पक्का, 2 (of argument) अकाट्य, युक्तियुक्त, 3 (of money-market) धनाभाव के कारण जहां लेन-देन या शेयरों का क्रय-विक्रय बहुत कम हो रहा हो, मन्दीग्रस्त, मन्दा

stringer स्ट्रिङ्गर *n* (समाचारपत्र का) अंशकालिक संवाददाता (जो अपने इलाके के ही समाचार देता है)

stringy स्ट्रिङ्गि *a* (f. string^1) 1 रेशेदार [~ meat], 2 (of liquid) जिसका तार बंध जाता हो, गाढ़ा

strip^1 स्ट्रिप *vt & i* (-pp-) 1 आवरण हटाना, उघाड़ना, नग्न करना, (किसी के) कपड़े उतारना [to ~ s.o.]; **~ped to the waist** जिसका धड़ नंगा हो, नंगे-धड़; 2 to ~ s.o. of clothes, money, authority, etc से रहित या वंचित करना; छीन लेना, 3 साज़-सामान उतारना, ख़ाली करना [to ~ a ship, wall, house], 4 to ~ a cow गाय के दूध की आखिरी बूंद दुह लेना, थन निचोड़ लेना, 5 to ~ a screw पेंच की चूड़ी ख़राब करना; 6 to ~ an engine इंजन के पुर्ज़े खोलना, 7 (तम्बाकू का) रेशा निकालना, 8 to ~ sth **off, from,** sth कोई चीज़ या सामान उतार लेना, 9 *vi* (of person) कपड़े उतारना, नंगा होना; **~-tease** *n & vi* नग्नता का प्रदर्शन (करना); (of screw) चूड़ी ख़राब होना; (of bark) उतरना, छिलना

strip^2 *n* 1 पतला लंबा टुकड़ा, धज्जी, पट्टी [a ~ of paper, cloth, metal]; ~ of territory धरती की पट्टी

stripe स्ट्राइप *n* 1 रेखा, धारी, लकीर [Zebra's ~s], 2 पट्टी, फ़ीता, (सैनिक की वर्दी पर) पदसूचक फ़ीता, **to get a ~** पदोन्नति होना; **to lose a ~** पदावनति होना; 3 ~s (treated as *sing*; *colloq*) बाघ; **~d** स्ट्राइप्ट *a* 1 धारीदार, 2 (of muscle) रेखांकित, रेखित

stripling स्ट्रिप्लिङ्ग *n* नवयुवक (जिसका शरीर पूरी तरह भरा न हो), छोकरा, किशोर

stripy स्ट्राइपि *a* धारीदार

strive स्ट्राइव *vi* 1 (strove, striven) प्रयत्न या प्रयास करना, बड़ा परिश्रम करना [to ~ **to do, for, after, sth**], 2 से संघर्ष करना, का मुकाबला करना [to ~ **with, against,** s.o. *or* a temptation], 3 परस्पर संघर्ष या होड़ करना [to ~ **together, with each other**]

strobile स्ट्रोबिल *n* चीड़ या देवदार का फल, शंकु

stroke^1 स्ट्रोक *n* 1 चोट, मार, आघात, प्रहार, वार [to fell a tree at a ~]; **finishing ~** अन्तिम एवं घातक प्रहार; ~ of lightning वज्रपात, 2 दौरा [~ of paralysis etc], रोग का आकस्मिक आघात [heat-~, sun-~], 3 एक बार की कोशिश, तनिक चेष्टा; He hasn't done a ~ of work उसने काम में हाथ नहीं लगाया; 4 **~ of genius** नई सूझ, फड़कती सूझ, मौलिक विचार; **~ of (good) luck** बड़े सौभाग्य की बात, आकस्मिक लाभ या प्राप्ति; **~ of business** लाभ का सौदा; **master ~** उस्तादी चाल, चतुराई, कमाल, 5 कलम या पेन्सिल की घसाट, बुरुश का स्पर्श; **with a ~ of the pen** कलम की एक घसीट से, हस्ताक्षर-मात्र से; **finishing ~s** (= finishing touches) अन्तिम सुधार या परिष्कार; 6 ~ of piston पिस्टन का (ऊपर या नीचे) एक बार चलाना, एक धक्का; 7 चप्पू चलाने की एक बार की कोशिश, चप्पू का एक हाथ, 8 *crick* हिट मारने का ढंग, 9 घंटा बजने की आवाज, टन-टन; **it is on the ~ of nine** नौ बजने वाले हैं, नौ बजा चाहते हैं; **on the ~ of** nine नौ बजते ही; **to arrive on the ~** ठीक समय पर पहुंचना

stroke^2 *vt & n* 1 धीरे-धीरे बार-बार हाथ फेरना, सहलाना; 2 **to ~ s.o.** (*or* **s.o.'s hair**) **the**

wrong way खिझाना, चिढ़ाना, **3 to ~ s.o. down** का क्रोध शान्त करना; *n* सहलाना, सहलाहट

stroll स्ट्रोल *vi* & *n* 1 टहलना, चहलकदमी करना, 2 घूमना-फिरना, पर्यटन करना, जगह-जगह जाना [~ing players]; *n* चहलकदमी [to take, go for, a ~]

stroller स्ट्रोलर *n* 1 चहलकदमी करने वाला, 2 (U.S.) (कुर्सी के आकार की) बच्चागाड़ी

stroma स्ट्रोम: *n* (*pl* ~ta) *biol* (कोशाणु आदि का) आवरण; पंजर, पीठिका

strong स्ट्रॉङ्ग *a* & *adv* 1 बलवान्, बली, शक्तिशाली; हृष्टपुष्ट, हट्टा-कट्टा, तगड़ा [a ~ fellow, horse, etc]; 2 स्वस्थ, भला-चंगा [Are you ~ again?], 3 समर्थ, सशक्त [is strong (enough) to do . . .], 4 दृढ़, मज़बूत, पक्का [a ~ ctoth, constitution, fortress, foundation, stick, etc]; ~ character दृढ़ चरित्र, a man of ~ character चरित्रवान् पुरुष; ~ argument प्रबल या ज़ोरदार दलील; ~ evidence पक्का सबूत, प्रबल प्रमाण, ~ conviction, faith अटल या दृढ़ या पक्का विश्वास या आस्था; 5 ~ in numbers बड़ी संख्या में, बहुसंख्यक, बड़ा; **a company 200 ~** दो सौ सैनिकों की टुकड़ी, ~ army बहुत बड़ी तथा अच्छी तरह लैस सेना, 6 ~ in a subject विषय का अच्छा ज्ञाता, विषय में तेज़ [~ in English], 7 (of verb) जिसके भूतकाल आदि के रूप आन्तरिक स्वर के परिवर्तन से बनते हैं, न कि —ed लगाने से, *e.g.* s*i*ng , s*a*ng, s*u*ng; अनियमित क्रिया, 8 *misc*: I प्रबल, जबरदस्त, ज़ोरदार, प्रभावशाली, तेज़, तीव्र, **~ arm** बलप्रयोग, **the ~ arm of the law** पुलिस; ~ attraction, प्रबल आकर्षण; ~ butter बदबूदार मक्खन, ~ desire, inclination प्रबल या उत्कट इच्छा या प्रवृत्ति; ~ drink शराब, मद्य; ~ eye तेज़ या तीक्ष्ण दृष्टि, **~hold** (see further); ~ **language** ~ (i) ज़ोरदार या प्रभावशाली भाषा, कड़े या कठोर शब्द, (ii) गाली-गलौज; ~ light तेज रोशनी, तीव्र प्रकाश; ~ **man** लोह-पुरुष, निर्भीक शासक, ~ **market** जिसमें भाव चढ़े हुए हों या बराबर चढ़ रहे हों, चढ़ा हुआ या चढ़ता हुआ या तेज बाज़ार; ~ **meat** पौष्टिक भोजन, (*fig*) कड़ा सिद्धान्त (जो दीक्षित व्यक्तियों को ही स्वीकार्य हो); कड़ी कार्यवाही (जिसे दिलेर लोग ही सहन करें या उचित समझें); ~ **point** मुख्य विशेषता, ख़ास बात [Politeness is not his ~ point], ~ smell तेज या तीव्र गन्ध, ~ **tea, coffee** तेज़ चाय या कॉफ़ी (जिसमें पत्ती या पाउडर की मात्रा अधिक हो); ~ **voice** ऊंची या प्रबल आवाज़; **II to have a ~ hold upon, over** पर बहुत प्रभाव होना, पूरी तरह अपने वश में होना (also see hold, stronghold); 9 *adv* **going strong** (*colloq*) बिल्कुल स्वस्थ और चुस्त; जोर-शोर से या खूब काम करता हुआ; Things are going ~ सब काम ठीक हो रहा है; **to come it** *or* **go it ~** पूरा ज़ोर लगाना; अत्युक्ति करना; 10 *comb*: **~-box** तिजोरी, **~-minded** डाँवाडोल न होने वाला, कृतसंकल्प, दृढ़संकल्प, **~-room** (कीमती चीज़ें रखने का) सुदृढ़ या सुरक्षित कक्ष, कोष-कक्ष

stronghold स्ट्रॉङ्गहोल्ड *n* 1 गढ़, किला, दुर्ग; 2 जगह जहां किसी सिद्धान्त या विचारधारा के बहुत अधिक समर्थक हों, गढ़

strongly स्ट्रॉङ्ग्लि *adv* 1 ज़ोर से, दृढ़ता से, मज़बूती से, 2 कड़े या ज़ोरदार शब्दों में [a ~ worded letter]

strontium स्ट्रोन्शियम; *n* सफ़ेद रंग की धातुविशेष, स्ट्रांन्शयम; ~ 90 इसका विकिरणशील भेद

strop स्ट्रॉप *n* & *vt* (-pp-) 1 चमोटा (also razor-~), उस्तरा तेज करने का कोई उपकरण, 2 (गरारी आदि लटकाने का) चमड़े या रस्सी या या लोहे का पट्टा, *vt* चमोटे से (उस्तरा) तेज करना

strophe स्ट्रॉफ़ि *n* ग्रीक समवेत नृत्यगान का उत्तर भाग (जो पूर्वभाग के जवाब में उसी छन्द में गाया जाता है); उत्तर-पद्य

struck (see strike¹)

structural स्ट्रक्चरल *a* 1 रचना या संरचना का; संरचना-संबधी, संरचनात्मक, 2 इमारत बनाने का, इमारती [~ steel]

structure स्ट्रक्चर *n* 1 बनावट, रचना, गठन, [~ of a sentence, drama]; 2 ढांचा, पंजर [~ of a machine], 3 (अवयवों को जोड़ने से) निर्मित वस्तु, सावयव रचना, संरचना; इमारत, भवन [The Taj is a white marble ~]

struggle स्ट्रगल *vi* & *n* 1 (अपने आपको छुड़ाने या पकड़ में न आने के लिए) हाथ-पैर मारना [The child ~d and kicked]; 2 (कठिनाइयों के रहते) भरसक प्रयत्न करना, बड़ी कोशिश करना [He ~d to express himself], हाथ-पैर मारना [to ~ to do . . .], 3 जैसे-तैसे कठिनाइयों को पार कर लेना या मार्ग निकाल लेना, कोशिश करके सफल हो जाना [We ~d through], 4 to ~ **against, with,** s.o. से लड़ना या संघर्ष करना; to ~ against, with, adversity, difficulties, etc मुसीबतों, कठिनाइयों, से जूझना, का मुकाबला करना; *n* 1 भारी कोशिश, भरसक प्रयत्न, 2 लड़ाई, लड़ाई-झगड़ा, हाथापाई, मुक्कामुक्की, विरोध, मुकाबला [He gave in without a ~], 3 घोर संघर्ष, सख़्त मुकाबला, **the ~ for existence** *or* **life** जीवित रहने के लिए परस्पर-संघर्ष, जीवन-संघर्ष; the ~ for freedom स्वतंत्रता-संघर्ष

struggling स्ट्रग्लिङ्ग *a* जीविकोपार्जन के लिए कठिनाइयों का सामना करता हुआ, संघर्षरत [a ~ artist, writer, etc]

strum स्ट्रम *vt* & *i* (-mm-) & *n* अनाड़ी की तरह (तन्त्रीवाद्य) बजाना, छेड़ना, झंकारना [to ~ (on) the piano, guitar]; *n* झंकार

struma स्ट्रूमः *n* (*pl* ~e) 1 कण्ठमाला, गण्डमाला, 2 गलगण्ड, घेघा

strumpet स्ट्रम्पिट *n* (*arch* or *rhet*) वेश्या

strut^1 स्ट्रट *vi* (-tt) & *n* अकड़ कर चलना, शान से चलना [to ~ about, along, in, out], *n* गर्वीली चाल

strut^2 *n* & *vt* (-tt-) ढालू छत की कड़ियों को सहारा देने वाली बल्लों, स्तम्भ, टेक, *vt* बल्ली या बल्लियों से सहारा देना; **strutting** *n* टेकबन्दी, पुश्ताबन्दी

struthious स्ट्रूथिअस *a* शुतुरमुर्ग का, शुतुरमुर्ग-जैसा

strychnine स्ट्रिक्नीन *nn* कुचला-सत

stub स्टब *n* & *vt* (-bb-) 1 ठूंठ, 2 (टूटे हुए दांत का मुह में) शेष टुकड़ा, 3 (पेन्सिल, सिगरेट आदि का) बचा हुआ सिरा या टुकड़ा, टोटा, *vt* 1 उखाड़ना [to ~ up roots], to ~ (out) a field जड़ें निकाल कर खेत साफ़ करना, 2 to ~ (out) a cigarette सिगरेट के टोटे को रगड़ कर बुझाना, 3 to ~ one's toe (against sth) (किसी चीज़ से) पांव को ठोकर लगना

stubble स्टबल *n* 1 अनाज के डंठल जो फ़सल कटने के बाद खेत में लगे रह जाते हैं, खूंटी, ठूंठी, 2 सिर या दाढ़ी के काट कर छोटे किए हुए बाल, खूंटी; तीन-चार दिन की बढ़ी हुई दाढ़ी

stubbly स्टब्लि *a* 1 ठूंठों से भरा हुआ [~ field], 2 ~ beard छोटी और कड़ी दाढ़ी

stubborn स्टबर्न *a* 1 दुराग्रही, ज़िद्दी, हठी, ढीठ, अड़ियल [as ~ as a mule], 2 ताप से न गलने वाला, गलनरोधी [~ ore], 3 जिसमें अदल-बदल न किया जा सके, ज्यों का त्यों रहने वाला, अपरिवर्तनीय, Facts are ~ things तथ्य नहीं बदल सकते या नहीं बदलते; ~ness *n* दुराग्रह, हठ, ज़िद

stubby स्टबि *a* 1 (of plant) काट कर छोटा किया हुआ, ठूंठ-सा, 2 (of person) गोल-मटोल, 3 ~ fingers छोटी और मोटी उंगलियां

stucco स्टको *n* & *vt* 1 दीवार पर लगाने का प्लस्तर-विशेष, गच; 2 गचकारी; *vt* गचकारी करना

stud^1 स्टड *n* & *vt* (-dd-) 1 मोटे सिरे की सजावटी कील, फूलदार कील, गुलमेख़, फूलमेख़, 2 (कमीज का) दोहरा बटन, स्टड [shirt-~, collar-~], 3 बल्ली या पाया (जिस पर जाफ़री या झिलमिली की पट्टियां जड़ी जाती हैं), *vt* जड़ना; (in *pp*) **studded** जड़ा हुआ, जटित, खचित [door ~ded with nails]; भरा हुआ [sky ~ded with stars; lawn ~ded with daisies]

stud^2 *n* 1 (प्रजनन, घुड़दौड़ आदि के लिए रखे हुए) घोड़े; (इन्हें रखने का) अस्तबल, 2 ~-book अश्व-वंशावली की पुस्तक; ~-bull सांड, ~-farm अश्वप्रजननशाला, ~-horse सांड-घोड़ा

studding-sail स्टन्सल *n* अतिरिक्त पाल

student स्ट्यूडन्ट *a* 1 छात्र, विद्यार्थी, शिष्य, 2 अध्ययनशील व्यक्ति, विद्याव्यसनी; 3 ~-teacher अध्यापक बनने के लिए प्रशिक्षण पाने वाला, अध्यापक-छात्र, ~ship *n* छात्रवृत्ति

studied स्टडिड *a* (see study^2)

studio स्ट्यूडिओ *n* 1 (चित्रकार, फ़ोटोग्राफ़र आदि का काम करने का) कक्ष, चित्रशाला, स्टूडियो, 2 (रेडियो का) प्रसार(ण)-कक्ष, 3 ~s फ़िल्म कंपनी का (फ़िल्म तैयार करने का) भवन

studious स्ट्यूडिअस *a* (f. study) 1 बहुत पढ़ने वाला, अध्ययनशील, 2 बड़ा ध्यान रखने वाला, सावधान, इच्छुक, उत्सुक, तत्पर [~to do, of doing, in doing, sth], 3 सावधानी से किया हुआ, विशेष [with ~ care, politeness]; ~ness *n* 1 अध्ययनशीलता, 2 सावधानी, उत्सुकता, तत्परता

study^1 स्टडि *n* 1 अध्ययन, पढ़ाई, पठन, पाठ, (oft. in *pl*) to continue, finish, one's studies पढ़ाई जारी रखना; अध्ययन समाप्त या पूरा कर लेना; ~-group अध्ययन-मंडली; 2 close ~ अनुशीलन, परिशीलन; 3 brown ~ दिवास्वप्न; to be in a brown ~ विचारमग्न होना, इतना विचारमग्न होना कि यह न पता लगे कि आस-पास क्या हो रहा है; 4 छान-बीन, जांच-पड़ताल, खोज, अनुसंधान, अन्वेषण, तहकीकात [to make a ~ of], 5 अध्ययन या अनुसंधान का विषय [The proper ~ of mankind is man]; निबन्ध; 6 प्रयत्न (से पाने योग्य वस्तु), प्रयास (का लक्ष्य [It shall be my ~ to please you]; 7 (*paint* etc.) चित्र का प्रारूप या ख़ाका [a ~ of a head], 8 *mus* अभ्यासार्थ या परीक्षार्थ रचना, 9 *theatr.* पार्ट का अभ्यास (करने वाला) (*cf.* understudy); 10 अध्ययनकक्ष, (वकील आदि का) काम करने का कमरा

study^2 *vt* 1 पढ़ना, अध्ययन करना; 2 (पदार्थ या दृश्य को) बड़े ध्यान से देखना [to ~ a map, s.o.'s face], 3 जांच-पड़ताल या छान-बीन करना; तहकीकात करना, 4 (*theatr*) to ~ one's part पार्ट याद करना, 5 का ध्यान रखना, के लिए कोशिश करना [studies others' convenience, his own interests]; 6 (in *pp*) **studied** (i) जानबूझ कर किया हुआ [a studied insult], (ii) यत्नकृत, बनावटी [studied unconcern]

stuff^1 स्टफ़ *n* 1 (किसी चीज़ के बनाने में काम आने वाला) द्रव्य, उपादान, पदार्थ, वस्तु, चीज़ [He is of the ~ that heroes are made of]; मसाला, सामग्री, माल, 2 good ~ (i) अच्छी चीज़ [Conrad's books are good ~]; (ii) उत्तम गुण [He has good ~ in him]; sorry

~ ख़राब या निकम्मी चीज़; **garden ~** सब्ज़ियां, तरकारियां; **doctor's ~** दवा, औषध; 3 ऊनी माल, ऊनी कपड़ा; **~ gown** बैरिस्टर का ऊनी गाउन; 4 (*sl*) **to do one's ~** अपने को मिला काम करना; **to know one's ~** अपने विषय या काम में दक्ष होना; 5 *n* रद्दी माल, रद्दी चीज़, कूड़ा-करकट [what ~ he writes!]; **~ and nonsense!** बकवास!; 6 **the ~ to give 'em** *or* **to give the troops** कार्यवाही करने का बिल्कुल सही तरीका

stuff^{2} *vt* & *i* 1 ठूँसना, ठूँस कर भरना, ठसाठस भरना, भर कर फुला देना [to ~ a pillow with cotton], 2 घुसेड़ना, ठूँसना [to ~ one's things into a bag etc], 3 ठूँस-ठूँस कर खिलाना [to ~ a child (with cakes)]; **to ~ (oneself)** ठूँस-ठूँस कर खाना, ठूँसना, 4 **to ~ up a hole** (कोई चीज़ भर कर) छिद्र बन्द करना; (in *pass*) My nose is ~ed up मेरी नाक रेंट से भरी हुई है, मेरी नाक बन्द है, 5 (पकाने से पहले) अन्दर मसाला भरना [~ed fowl, potatoes, etc], 6 (फुलाने के लिए खाल में) रूई आदि भरना [~ed beasts]; 7 *colloq* बहकाना, 8 **stuffed shirt** (*colloq*) शेख़ीबाज़ किन्तु अयोग्य या अकुशल व्यक्ति

stuffing स्टफ़िङ्ग *n* 1 भराई, भराव, 2 भरी हुई चीज़, भरत, भरन, गद्दे में भरी हुई रुई या ऊन आदि; 3 (भरा हुआ) मसाला; 4 **to knock** *or* **take the ~ out of s.o.** (*colloq*) (i) किसी का घमंड तोड़ना, बुरी तरह हराना; (ii) (of illness etc.) निर्बल या निःसत्त्व करना

stuffy स्टफ़ि *a* 1 (of place) जहां वायुसंचार न हो, जहां दम घुटता हो, दमघोंटू; (बन्द रहने के कारण) दुर्गन्धयुक्त; 2 दकियानूसी, 3 (U.S.) नाराज़, रुष्ट; 4 (of nose) रेंट से भरी हुई, बन्द

stultification स्टल्टिफ़ि-केशन *n* (see foll) निरर्थीकरण, व्यर्थीकरण

stultify स्टल्टिफ़ाइ *vt* 1 (दूसरे की या अपनी पहली बात को) बेतुका या असंगत सिद्ध करना [to ~ an act, an argument, a statement]; 2 (कार्य को) निष्प्रभाव या बेकार कर देना, 3 (किसी को) उल्लू या बेवकूफ़ बनाना, हास्यास्पद सिद्ध करना, 4 (*law*) **to ~ oneself** अपनी ही बात को काटना, अपना प्रतिवाद करना, स्वयं उल्लू बनना

stum स्टम *n* & *vt* (-mm-) अंगूर का रस (जिसमें पूरी तरह ख़मीर न उठा हो), द्राक्षारस, द्राक्षासव; *vt* 1 (द्राक्षासव में और) किण्वन रोकना, 2 (द्राक्षारस डाल कर) दोबारा किण्वन करना

stumble स्टम्बल *vi* 1 लड़खड़ाना, डगमगाना, **to ~ along** लड़खड़ाते हुए चलना, **to ~ over sth** किसी चीज़ से टकरा कर लड़खड़ा जाना; 2 **to ~ in one's speech** हकलाना, 3 भारी भूल या ग़लती करना [That is where we have ~d], 4 **to ~ across, upon, s.o.** *or* **sth** संयोगवश भेंट हो जाना या मिल जाना; *n* 1 लड़खड़ाहट, 2 ग़लती, भूल, स्खलन; **stumbling-block** *n* 1 रास्ते का रोड़ा, ठोकर, 2 रुकावट, अड़चन, विघ्न, बाधा; कठिनाई

stumer स्ट्यूमर *n* (*sl*) 1 बेकार चेक, जाली सिक्का या नोट, 2 धोखा

stump^{1} स्टम्प *n* 1 (पेड़ का) ठूंठ, 2 (टूटे हुए दांत का) शेष टुकड़ा, 3 (पेन्सिल, सिग्रेट आदि का) टोटा, 4 विकिट का डंडा, 5 ठूंठ या अन्य स्थान जहां खड़ा होकर वक्ता भाषण दे, **on the ~** (*colloq*) राजनीतिक भाषण देने या आन्दोलन में लगा हुआ, **~ orator** सच-झूठ का ख़्याल न करते हुए जनता को भड़काने के लिए (चुनाव-संबंधी) भाषण करने वाला, निर्लज्जतापूर्वक प्रापेगेंडा करने वाला, **~ oratory** भड़काने वाला भाषण

stump^{2} *vi* & *t* 1 पैर पटक कर चलना, लंगड़ाते हुए चलना [to ~ along, in, out], 2 *vt* (of question) चकरा देना जिससे कि जवाब न सूझे [That ~ed me], 3 (अपनी जगह से परे खड़े) खिलाड़ी को (विकिट छू कर) आउट करना, 4 भाषण झाड़ता फिरना, चुनाव-प्रचार करते हुए (इलाके का) दौरा करना

stumpy स्टम्पि *a* 1 (of person) गोल-मटोल, 2 बड़ा मोटा [~ book, pencil, tail]

stun स्टन *vt* (*-nn-*) 1 हक्का-बक्का कर देना, स्तंभित कर देना, होश उड़ा देना [The news ~ned us], 2 (of sound) बहरा कर देना

stunning स्टनिङ्ग *a* 1 होश उड़ा देने वाला, 2 *colloq* अति सुन्दर, अत्युत्कृष्ट, शानदार, कमाल का, ग़ज़ब का

stunsail, 'stuns'l *n* = studding-sail

stunt^{1} स्टन्ट *vt* (esp in *pp*) वृद्धि या विकास रोक देना; **~ed** *a* अविकसित, रुद्धविकास [~ed trees; a ~ed mind]

stunt^{2} *n* & *vt* (*colloq*) 1 करतब, कारनामा, कमाल, 2 ख्याति पाने की चाल या तरकीब, इश्तहारबाज़ी; *vt* (वि॰ कलाबाज़ी के) करतब दिखाना

stupefaction स्ट्यूपि-फ़ैक्शन *n* (see foll) 1 जड़ता, 2 संज्ञाहीनता; 3 हैरानी; **stupefactive** *a* सुन्न या हक्का-बक्का करने वाला

stupefy स्ट्यूपिफ़ाइ *vt* 1 (अंग को) जड़ या सुन्न कर देना, 2 संज्ञाहीन कर देना [stupefied with drink, grief, etc], 3 हैरान या भौचक्का या हक्का-बक्का कर देना [stupefied by what he saw]

stupendous स्ट्यूपेन्डस *a* 1 (आकार में) बहुत बड़ा बृहत, बृहदाकार, विशाल [a ~ structure]; (परिमाण में) बहुत बड़ा, बड़ा भारी, बृहत् [~ task], 2 **~ error** बड़ी भारी ग़लती, **~ folly** घोर मूर्खता, 3 आश्चर्यजनक, विस्मयकारी, अद्भुत [~ achievement]

stupid स्ट्यूपिड *a* 1 मन्दबुद्धि, मोटी अक्ल का

[His pupils are ~] 2 मूर्ख, बेवकूफ़, उल्लू, गधा, पागल [a ~ fellow]; मूर्खता का [a ~ act, idea, joke], 3 नीरस, बेमज़ा, निरानन्द, उबाने वाला [a ~ place, time], 4 मदहोश, बदहवास; **stupidity** *n* 1 मन्दबुद्धिता, 2 मूर्खता, गधापन

stupor स्ट्यूपर *n* 1 जड़ता, जड़िमा, 2 भौचक्कापन, बदहवासी

sturdy^1 स्टर्डि *n* 1 हृष्ट-पुष्ट, हट्टा-कट्टा, तगड़ा, बलवान्, बलिष्ट [~ person], मज़बूत [~ legs], 2 कठोर श्रम कर सकने वाला, 3 ज़बरदस्त, प्रबल [~ resistance, opponent]

sturdy^2 *n* भेड़ों का सिर घूमने का रोग, घुमड़ी, घुमटा

sturgeon स्टर्जन *a* हांगुर-जैसी बड़ी मछली

stutter स्टटर *vt* & *i* & *n* अटक-अटक कर बोलना, हकलाना, तुतलाना, *n* हकलाहट, **~er** *n* हकला

sty^1 स्टाइ *n* (*pl* sties) सूअरों का बाड़ा, *fig* गन्दी जगह, गन्दा कमरा

sty^2, **stye** (*pl* sties, styes) *n* आंख की पलक पर होने वाली फुंसी, गुहेरी, गुहांजनी

Stygian स्टिजिअन *a* 1 यमलोक का, यमलोक-जैसा, 2 अन्धकारमय

style^1 स्टाइल *n* 1 (लेखक या उसकी कृति की) शैली; (esp. of Skt. works) रीति; (कला या कलाकार की) शैली; 2 (काम करने का) निजी ढंग या तरीका, विशेषता; 3 (रहन-सहन का) अमीराना ढंग, ठाठ, शान; **to do things in ~** कोई काम बड़ी शान से करना; **to live in (grand, great) style** ठाठ या शान से रहना, 4 रूप या चाल-ढाल की मनोमोहक विशेषता, चारुता, सुकुमारता, नज़ाकत [she has ~], 5 (वस्तु या व्यक्ति का) प्रकार, किस्म; 6 आकार, बनावट, बनत, नमूना [all sizes and ~s]; 7 (कमीज़, कोट आदि की) काट, 8 नाम, पदनाम, अभिधान, उपाधि (see *vt*), 9 नक्काशी करने की सुई, 10 खुरच कर लिखने की शलाका; *poet* लेखनी, कलम, पेन्सिल

style^2 *vt* नाम या संज्ञा या अभिधान देना, नाम रखना [to ~ oneself President], (usu in pass: He is ~d captain)

style^3 *n* (*bot*) वर्तिका, (*zool*) शूक, कंटिका

stylet स्टाइलिट *n* 1 पतला नुकीला औज़ार, सलाई, सुई, 2 *zool* सूचिका, कंटिका

stylish स्टाइलिश *a* 1 भव्य, शानदार, 2 सुरुचिपूर्ण, सुचारु, ललित, सुन्दर [~ dress], 3 सजीला, बना-ठना, नज़ाकत-भरा

stylist स्टाइलिस्ट *n* 1 सम्मार्जित शैली (में लिखने) वाला, 2 (साज-सज्जा, वेशभूषा आदि का) शैलीकार [hair-~]; **stylistic** *a* (साहित्यिक) शैली-संबंधी, शैलीगत

stylize स्टाइलाइज़ *vt* (usu. in *pp*) कलाकृति को) रूढ़ शैली के अनुसार बनाना

stylo स्टाइलो *abbr* of stylograph

stylobate स्टाइल-बेट *n* स्तंभावली का आधार या चौकी, स्तंभाधार, दासा

stylograph स्टाइल-ग्राफ़ *n* सूक्ष्म नोक वाली स्याही-भरी लेखनी, सूची-लेखनी, स्टाइलो

styloid स्टाइलॉइड *n* (*bot*) वर्तिकाभ, *zool* शूकाभ

stylus स्टाइलस *n* (*pl* -li) 1 रिकार्ड पर चलाने या खुरच कर लिखने की शलाका, सुई, सूई, 2 *bot* वर्तिका, *zool* कंटिका, शूक

stymie स्टाइमि *n* & *vt* (*fig*) कठिन परिस्थिति; *vt* (*fig*) रोड़ा अटकाना, विघ्न डालना

styptic स्टिप्टिक *a* & *n* रक्तस्रावरोधी, रक्तरोधी, रक्तरोधक

styrax स्टाइअ-रैक्स *n* 1 पेड़ों और झाड़ियों की कुछ किस्में, 2 (इन पेड़ों की) राल

Styx स्टिक्स *n* (*Gk. myth*) यमलोक के इर्द-गिर्द बहने वाली नदी; **to cross the ~** परलोक सिधारना, मरना

suable सूअबल *a* (f. sue) जिसपर मुकदमा चलाया जा सके, वादयोग्य, अभियोगार्ह

suasion स्वेश़न *a* अनुनय-विनय, अनुरोध, समझाना-बुझाना, to subject s.o. to **moral ~** समझा-बुझाकर (न कि बलप्रयोग के द्वारा) राज़ी कर लेना; **suasive** स्वेसिव *a* अनुनय-विनय करने वाला, मधुर भाषण से मनाने वाला, अनुनय-भरा

suave स्वाव *n* 1 सौम्य, मृदुस्वभाव, सुशील, 2 मधुरभाषी, मधुरभाषण से मनाने वाला, ~ words चिकनी-चुपड़ी बातें, ~ manners शालीनता, शिष्टता, 3 पीड़ाहर, प्रशामक [~ medicine]; **suavity** स्वाविटि *n* 1 सौम्यता, शिष्टता, शालीनता, 2 मधुरभाषिता, चापलूसी

sub^1 सब *pref* & L *prep* 1 अध:; 2 उप-, अवर, 3 ईषत्, किंचित्; *prep* -अधीन, sub judice (सब्-जूडिसि) अदालत के विचाराधीन

sub^2 *n* (*colloq for*) submarine; substitute; subscription; sub-editor; subaltern

sub^3 *vt* (-bb-) (*colloq*) 1 = sub-edit *q.v.*, 2 **to ~ for** s.o. किसी के स्थानापन्न के रूप में काम करना

subacid सब्-ऐसिड *a* खट्टा-सा; **subaerial** *a* भूपृष्ठीय; **subagent** *n* एजंट के अधीन काम करने वाला, उपाभिकर्ता; **subaltern** सबल्टर्न *a* छोटा, छोटे दर्जे का; *n* (*mil*) कप्तान से छोटा अफ़सर; **subaquatic** सब्-अक्वैटिक *a* पानी के नीचे स्थित, जलचर-जैसा; जलीय पौधे जैसा, **subarctic** सब्-आर्कटिक *n* उत्तरध्रुव के निकट स्थित; उपोत्तरध्रुवीय; **subclass** उपवर्ग, **sub-clause** *n* उपधारा, उपखण्ड, **subcommittee** *n* उपसमिति; **subconscious** *n* & *a* मन की वे क्रियाएं जिनका व्यक्ति को पता नहीं लगता, अवचेतना; *a* अवचेतना में विद्य-

मान; अवचेतन; **subconsciousness** अवचेतना; **subcontinent** उपमहाद्वीप [the Indian ~], **subcontract** उपसंविदा, **subcutaneous** सब्क्यूटेनिअस *a* त्वचा के नीचे का, अधस्त्वक्; **subdivide** *vt* विभाजित को फिर विभाजित करना, पुन: विभाजन करना, प्रविभाजन करना; **subdivision** *n* पुन: विभाजन; उपविभाग, प्रविभाग; (of land) उपखण्ड, उपमण्डल, परगना; **subdominant** *n* (*mus*) सरगम का चौथा सुर

subdual सब्-ड्यूअल *n* (f. foll) वशीकरण, दमन

subdue सब्ड्यू *vt* 1 पराजित करना, वश में करना, काबू में करना, दमन करना [to ~ one's enemies]; 2 पर काबू पाना, पर नियन्त्रण करना, दबाना, रोकना, शान्त कर ~ one's passions]; 3 कम करना, मन्द करना, हल्का करना, धीमा करना, मद्धिम करना [to ~ the light, colour, voice]

subdued सब्ड्यूड *a* 1 पराजित, वशीभूत, 2 हताश, निराश, 3 मन्द, हल्का, मद्धिम [~ light]; धीमा [~ voice]

subedit सब्-एॅडिट *vt* (भाषा की अशुद्धियां दूर करके लेख को) ठीक-ठाक करना, उपसंपादन करना; **sub-editor** *n* उपसंपादक

subereous स्यूबिअ-रिअस, **suberose** स्यूबरोस *aa* कार्क का, कार्क-जैसा

subfamily सब्-फ़ैमिलि *n* उपकुल; **subfusc** *a* अंधेरा, धुंधला; **subgenus** *n* उपवंश; **subgroup** *n* उपवर्ग; **subhead, subheading** *nn* उपशीर्षक; **sub-Himalayan** *n* हिमालय की तराई का; **sub-human** *a* मानवता से उतर कर, अवमानव, अमानवोचित, मानव के अयोग्य, **sub-inspector** *n* 1 उपनिरीक्षक, 2 (of police) थानेदार, दारोग़ा; **subjacent** अधोवर्ती, अध:स्थित, अधोलग्न

subject¹ सब्जेॅक्ट *a* 1 परतन्त्र, पराधीन, मातहत [~ country, people], 2 वशवर्ती, अधीन [We are ~ to the laws of nature]; 3 (ग्रस्त) हो सकने वाला, कर सकने वाला, प्रवृत्ति या झुकाव वाला, प्रवण [~ to gout, damage, jealousy, whims], 4 *a* & *adv* **subject to** के होने पर ही, बशर्ते कि, the treaty is ~ to ratification संधि की पुष्टि होने पर ही वह वैध होगी; S~ to your consent, I propose to try again यदि आपकी अनुमति हो, तो मैं एक बार फिर कोशिश करना चाहूंगा

subject² *n* 1 प्रजा, जनता, 2 *log* उद्देश्य; 3 *gram* कर्ता, 4 *metaphys* वह तत्त्व जो सोचता है कि मैं हूं या मैं सुखी-दु:खी आदि हूं, विचार करने वाला या अनुभूति करने वाला तत्त्व, अहं, आत्मा, मन, ~ and object अहम् और अनहम्; 5 (विद्यालय में पढ़ाई का) विषय; 6 (विचार का) विषय [the ~ for debate], on the ~ of के बारे में, के विषय में; Change the ~ विषय को बदलो, किसी और बात की चर्चा करो, 7 विषय-वस्तु [the ~ of a poem, story], 8 विषय, बात, अवसर [is a ~ for rejoicing], 9 पात्र [He is a ~ for pity]; 10 **~-matter** (पुस्तक, अभियोग आदि का) विषय, विषयवस्तु

subject³ सब्-जेॅक्ट *vt* 1 (देश या लोगों को) अधीन करना, 2 का पात्र या लक्ष्य या विषय बनाना [to ~ s.o., sth, to criticism etc], 3 के प्रभाव में लाना, to ~ sth to heat तपाना; **subjection** सब्-जेॅक्शन *n* 1 अधीनता, परतन्त्रता; 2 वशीकरण, दमन

subjective सब्-जेॅक्टिव *a* 1 *philos* किसी का अपना, आत्मनिष्ठ, कर्तृनिष्ठ, व्यक्तिनिष्ठ, आत्मपरक, (of art, literature, etc) कर्ता के निजी दृष्टिकोण (न कि वास्तविकता) पर आधारित, स्वानुभूतिपरक, स्वानुभूतिमूलक, अवस्तुनिष्ठ, अवस्तुपरक, 2 (*gram*) ~ case कर्ता-कारक; ness, **subjectivity** *nn* आत्मनिष्ठा, स्वनिष्ठा, व्यक्तिनिष्ठा, व्यक्तिपरकता, **subjectivism** *n* यह सिद्धान्त कि हमारा बाह्यजगत् का ज्ञान हमारे दृष्टिकोण से रंगा होता है और वास्तविकता की जांच का कोई बाह्य साधन नहीं है, आत्मनिष्ठवाद, व्यक्तिनिष्ठवाद

subjoin सब्-जोॅइन *vt* पीछे जोड़ना या लगाना, अनुबद्ध करना [to ~ a list]

sub judice L सब् जूडिसि *a* अदालत के विचाराधीन; न्यायाधीन [Newspaper comment on cases sub judice is prohibited], जिसका निर्णय न हुआ हो, अनिर्णीत; जिस पर अभी बहस हो सकती हो

subjugate सब्-जुगेट *vt* पराजित करना, अधीन करना; **subjugation** *n* पराभव, अधीनता; दमन

subjunctive सब्-जङ्क्टिव *a* संभावनार्थक, हेतुहेतुमत्, the ~ mood, *e.g. If I were to meet him*, I should recognize him at once यदि मैं उससे मिलूं, तो तुरन्त पहचान लूं

subkingdom सब्-किङ्ग्डम *n* (*biol*) उपजगत्; **sublease** *n* & *vt* शिकमी पट्टा, *vt* शिकमी पट्टे पर देना; **sublet** *vt* किराये पर ली हुई चीज़ दूसरे को किराये पर देना, शिकमी देना

sublimate सब्लिमेट *vt* & *n* 1 ठोस वस्तु को भाप में परिवर्तित कर और ठंडा कर के फिर ठोस बनाना, ऊर्ध्वपातन करना, 2 *fig* परिशुद्ध करना, उदात्त बनाना [to ~ a sentiment]; *n* ऊर्ध्वपातन से परिशुद्ध की हुई वस्तु; ऊर्ध्वपातज; **sublimation** *n* 1 *chem* ऊर्ध्वपातन, 2 उदात्त बनाना, उदात्तीकरण

sublime सब्-लाइम *a* & *vt* 1 अति उत्कृष्ट या भव्य, बहुत शानदार, विलक्षण; अद्भुत [~ scenery], 2 उदात्त, लोकोत्तर [~ ambition, love]; 3 परम, पूर्ण, आत्यन्तिक [~ indifference]; 4 the ~ उदात्त भावना, *vt* 1 उदात्त बनाना, 2 *chem*

ऊर्ध्वंपातन करना

subliminal सब्-लिमिनल *a* 1 *psych* चेतना की सीमा से नीचे का, अवचेतन, 2 (of sensation) इतना क्षीण कि व्यक्ति को उसका ज्ञान नहीं हो पाता, अतिक्षीण, 3 ~ **self** अवचेतन मन

sublimity सब्-लिमिटि *a* 1 उत्कृष्टता, भव्यता, 2 उदात्तता, लोकोत्तरता

sublingual सब्-लिङ्ग्वल *a* जिह्वा के नीचे का, अधोजिह्व

sublunary (सब्-ल्यूनरि) *aa* इहलौकिक, ऐहिक, सांसारिक

subman सब्मैन *n* 1 अवमानव; 2 निर्दय आदमी, मूर्ख आदमी

submarine सब्-मरीन *a* & *n* समुद्रतल के नीचे रहने या उगने वाला या स्थित, अन्त:समुद्री [~ plant, volcano, cable]; *n* समुद्रतल पर तथा उसके नीचे भी चल सकने वाला युद्धपोत, पनडुब्बी

submerge सब्-मर्ज *vt* & *i* 1 (वस्तु को पानी आदि में) डुबाना, 2 (प्रदेश को) जलमग्न या आप्लावित करना; (in *pass*) to be ~d में बाढ़ आना; 3 (*pp*) ~**d** जलमग्न [~d rock etc]; **the ~d tenth** दुनिया के दीन-दु:खी और दरिद्र लोग; *vi* (of submarine) डुबकी लगाना, जलमग्न हो जाना

submergence सब्-मर्जन्स *n* जलमग्न होना, डूबना, निमज्जन

submerse सब्-मर्स *vt* जलमग्न करना (rare exc. in *pp*)

submersible सब्-मर्सिबल *a* जिसे जलमग्न किया जा सके, निमज्जनी [~ bridge]

submersion सब्-मर्शन *n* 1 जलमग्न होना, निमज्जन, डुबकी, 2 बाढ़ (आना), आप्लावन

submission सब्-मिशन *n* 1 अधीनता स्वीकार करना, आत्मसमर्पण [~ to an authority], 2 दब्बूपन, नम्रता, वश्यता, आज्ञाकारिता, 3 प्रस्तुतीकरण, उपस्थापन, पेश करना, 4 सानुनय कथन, निवेदन, विनती, अनुरोध [my ~ is that . . .]

submissive सब्-मिसिब *a* दब्बू, विनम्र, विनीत, आज्ञाकारी

submit सब्-मिट *vt* & *i* (-tt-) 1 (विचारार्थ या निर्णयार्थ) पेश करना, प्रस्तुत करना, समक्ष रखना [to ~ a case to the court]; देना [Submit proofs of identity], 2 अनुनयपूर्वक कहना, निवेदन करना [to ~ that . . .], 3 *vi* दब जाना, हार मान लेना, अधीनता या वश्यता स्वीकार करना, 4 विरोध न करना, गवारा करना, सहना, झेलना [to ~ to indignity, privation, etc]; मान लेना, स्वीकार करना, पर सन्तोष कर लेना [to ~ to God's will, to defeat]

submultiple सब्-मल्टिपल *n* अवगुणज; **subnormal** *a* सामान्य से कम, अवसामान्य [subnormal temperature]; **suborder** (*bot*, *zool*) उपगण

subordinate सबॉर्डिनट *a* & *n* 1 अवर, अधीन, मातहत [~ to s.o.], छोटे दर्जे का, 2 गौण, सहायक [~ role], 3 ~ clause (*gram*) आश्रित उपवाक्य; *n* अधीन कर्मचारी या अधिकारी, मातहत

subordinate सबॉर्डिनेट *vt* 1 अधीन या मातहत बनाना, सहायक बनाना, 2 वश या काबू में रखना, पर काबू पाना, 3 गौण समझना, कम महत्त्व देना [to ~ sth to sth]

subordination सबॉर्डि-नेशन *n* 1 अधीन करना, दमन, 2 अधीनता, मातहती, 3 गौणता, अप्रधानता

suborn सबॉर्न *vt* रिश्वत देकर झूठी गवाही देने या ग़लत काम करने को प्रेरित करना, से झूठी गवाही या कूट साक्ष्य दिलाना, से झूठी शपथ दिलाना [to ~ a witness]; **subornation** सबॉर्-नेशन *n* कूट साक्ष्य के लिए प्रेरित करना या किया जाना, कूटसाक्ष्य-प्रेरणा [~ation of s.o.]

subpoena सब्-पीन: *n* & *vt* (~ed) अदालत में हाज़िर होने का आदेश (जिसके न मानने पर दण्ड दिया जा सकता है), सम्मन; *vt* के नाम सम्मन जारी करना, सम्मन तामील करना [to ~ a witness etc]

subpolar सब्-पोलर् *a* 1 लगभग ध्रुवीय; ध्रुव के निकट स्थित, उपध्रुवीय, 2 आकाशीय ध्रुव के नीचे स्थित

subregion सब्-रीजन *n* (पशु-पक्षी-संबंधी) उपक्षेत्र

subreption सब्-रेॅप्शन *n* धोखे या ग़लतबयानी से प्राप्त करना, कूटप्रापण

subrogation सब्-र-गेशन *n* लेनदार के रूप में एक व्यक्ति की जगह दूसरे को प्रस्तुत करना, अन्यस्थापन, प्रतिस्थापन

subscribe सब्-स्क्राइब *vt* & *i* 1 अभिलेख के नीचे (अपना नाम) लिखना [to ~ one's name to a document]; **to ~ oneself** हस्ताक्षर करना; 2 *vi* सहमत होना, स्वीकार करना, समर्थन करना, अनुमोदन करना [to ~ to a view, resolution], 3 *vi* & *t* चंदा देना, दान करना [to ~ ten rupees, to ~ to a fund, **for a** cause], 4 चन्दा या दान इकट्ठा करना; 5 (*of buyer*) **to ~ for a book** छपने से पहले पुस्तक का गाहक बनना, पुस्तक का पेशगी गाहक बनना, पूर्वक्रय करना, 6 (पत्र आदि का) ग्राहक बनना [to ~ to a newspaper], 7 अंश-मूल्य दे कर (शेयर) ख़रीदना [to ~ **for** shares]; ~**d** *a* (of shares) पूर्वक्रीत; (of capital) अभिदत्त; ~**r** *n* 1 (अभिलेख का) हस्ताक्षरकर्ता, 2 चन्दा अथवा दान देने वाला, 3 (पत्र का) ग्राहक, 4 (शेयरों का) ख़रीदार, 5 (of telephone) उपभोक्ता, ~**r trunk dialling** (आपरेटर की सहायता के बिना) दूसरे नगर में फ़ोन करना, स्वयं नगरेतर-भाष करना

subscription सब्-स्क्रिप्शन *n* 1 (संस्था को

सदस्यता, पत्रिका आदि का) चंदा, 2 (एकत्रित) दान, 3 अनुमोदन, समर्थन, 4 हस्ताक्षर (करना)

subsection सब्-सेॅक्शन *n* उपखण्ड, उपधारा

subsequence सब्सिक्वन्स *n* (f. foll) 1 उत्तरवर्तिता, परवर्तिता, 2 परिणाम

subsequent सब्सिक्वन्ट *a* बाद में आने या होने वाला, बाद का, परवर्ती, उत्तरवर्ती, उत्तरकालीन; ~ly *adv* बाद में

subserve सब्-सर्व *vt* साधन होना, सहायक या उपयोगी होना [to ~ a purpose]

subservience सब्-सर्विअन्स *n* 1 उपयोगिता, 2 चापलूसी, 3 अधीनता, वश्यता; दासता, गुलामी [~ to fashion]

subservient सब्-सर्विअन्ट *a* 1 (साधन के रूप में) उपयोगी, साधनभूत, साधन-मात्र [~ to a purpose], 2 चापलूस, ख़ुशामदी, जीहुज़ूरिया, 3 अधीन, मातहत [~ to]

subside सब्-साइड *vt* 1 (of flood water(s) etc) उतरना, घटना, 2 (of ground, building) बैठ जाना, धसकना, धसना, 3 (of suspended matter) नीचे बैठ जाना, 4 (of storm) रुकना, थमना; (of apprehension, excitement, etc) कम होना, ठंडा पड़ना, शान्त होना; **subsidence** सब्-साइडन्स *n* 1 (बाढ़, नदी आदि का) उतार, 2 धँसना, धसकना, धँसाव, धसकन

subsidiarily सब्-सिडिअरिलि *adv* गौण रूप में, गौणत:

subsidiary सब्-सिडिअरि *a* 1 सहायक, सहकारी, 2 पूरक, 3 गौण, 4 (of company) (दूसरी कंपनी के प्रबन्ध के) अधीन, 5 (of troops) दूसरे देश के द्वारा भाड़े पर लिया हुआ, भाड़े का; *n* 1 (usu in *pl*) सहायक व्यक्ति या वस्तु; साधन, उपकरण; 2 अधीन कंपनी

subsidize सब्-सिडाइज़ *vt* आर्थिक सहायता देना, ~d आर्थिक सहायता-प्राप्त, (अत एव) सस्ता

subsidy सब्-सिडि *n* 1 (लोकोपयोगी संस्था या उद्योग-धंधे के लिए या कीमतों को कम रखने के लिए सरकार द्वारा दी गई) आर्थिक सहायता, इमदाद [food, housing, ~]; 2 सैनिक सहायता प्राप्त करने के लिए एक देश द्वारा दूसरे को दिया गया धन, अनुदान

subsist सब्-सिस्ट *vi* & *t* 1 जारी रहना, बना रहना, प्रचलित रहना [The custom still ~s], 2 जीवित रहना, 3 गुज़र करना, गुज़ारा या निर्वाह करना, जीवन-निर्वाह करना [to ~ on charity, by begging, etc]; अपना भरण-पोषण करना, पेट पालना [to ~ on vegetables], *vt* का भरण-पोषण करना

subsistence सब्-सिस्टन्स *n* 1 अस्तित्व, 2 जीवन-यापन, जीवन-निर्वाह, गुज़ारा; **means of ~** निर्वाह का साधन, जीविका; **~ crops** किसान के अपने उपभोग के लिए उगाई जाने वाली फ़सलें, निर्वाहार्थ फ़सलें (cf. cash crops); **~ farming** (किसान के) निर्वाहार्थ खेती; **~ wage** निर्वाह-मात्र के लिए पर्याप्त वेतन, निर्वाह-वेतन

subsoil सब्-सॉइल *n* धरती की ऊपरी परत के नीचे की मिट्टी, अवमृदा; **~ water** (पंप आदि के द्वारा) धरती से निकलने वाला जल, भूमिगत जल

subsonic सब्-सॉनिक *a* (of speed) ध्वनि की गति से कम; (of aircraft) ध्वनि से कम तेज़, अवध्वनिक, अवध्वानिक

substance सब्स्टन्स *n* 1 *philos* तत्त्व, 2 *chem* द्रव्य, पदार्थ, वस्तु, तत्त्व [Water, ice and snow are the same ~], 3 आवश्यक अंश, सार, सारांश, असल बात, असली मतलब, भावार्थ, तात्पर्य [the ~ of a poem etc]; **this is the sum and ~** सार या सारांश यह है, **I agree with you in ~** मैं आपकी मुख्य बात से सहमत हूं (न कि छोटी-मोटी सभी बातों से), 4 तथ्य, तत्त्व [an argument of little ~], 5 विषय-वस्तु [the ~ is good, but the style bad]; 6 योग्यता, अर्हता, गुण, 7 *arch* धन, दौलत, रुपया-पैसा, जायदाद, माल [a man of ~]; **to waste one's ~** फ़ज़ूलख़र्ची करना, धन या जायदाद लुटाना

substandard सब्-स्टैन्डर्ड *a* औसत दर्जे से कम, घटिया, निकृष्ट

substantial सब्-स्टैन्शल *a* (f. substance) 1 अस्तित्ववान्, वास्तविक, सचमुच का; 2 महत्त्वपूर्ण, बड़ा, अच्छा-ख़ासा, काफ़ी बड़ा, पर्याप्त (न कि नाम-मात्र का) [a ~ amount, progress, concession, difference], **~ meal** भर-पेट भोजन 3 ठोस, पक्का, मज़बूत [~ furniture; a man of ~ build]; 4 मालदार, धनी, अमीर [a ~ person]; साख वाला [a ~ firm]; 5 महत्त्वपूर्ण, ठोस, जानदार, प्रबल [~ reason, proof], 6 आवश्यक अंश में संपादित, काफ़ी हद तक किया हुआ, पर्याप्त, लगभग [~ agreement, success]; ~ly *adv* 1 काफ़ी या बहुत हद तक; 2 वस्तुत:, तत्त्वत:

substantialism सब्-स्टैन्शलिज़म *n* (*philos*) यह सिद्धान्त कि दृश्य जगत् के पीछे कोई वास्तविक सत्ता है; तत्त्ववाद

substantiality सब्-स्टैन्शिऐलिटि *n* वास्तविकता, तात्त्विकता, असलियत

substantialize सब्-स्टैन्शलाइज़ *vt* & *i* अस्तित्ववान् या वास्तविक बनाना या बनना, ठोस रूप देना या ग्रहण करना

substantiate सब्-स्टैन्शिएट *vt* सत्य या ठीक प्रमाणित करना, का प्रमाण या सबूत देना, सिद्ध करना [to ~ a charge, statement]; उचित या ठीक प्रमाणित करना [to ~ a claim]; **substantiation** सब्स्टैन्शि-एशन *n* प्रमाणीकरण, प्रमाणन

substantive सब्-स्टैन्टिव *a* & *n* 1 अस्तित्व-

सूचक, 2 स्वतन्त्र सत्ता वाला (न कि अनुमानात्मक), (of motion, enactment, etc) उचित शब्दों और रूप में प्रस्तुत, विधिवत् प्रस्तुत; ~ **motion** प्रस्ताव के रूप में प्रस्तुत प्रस्ताव, विधिवत् प्रस्ताव; **3** ~ **post** स्थायी पद, ~ **rank** (*mil*) (सैनिक का अपनी शाखा में) स्थायी पद (*opp* brevet, honorary, temporary, rank); *n* (*gram*) नाम, संज्ञा

substitute सब्स्टिट्यूट *n* & *vt* & *i* **1** (of person) स्थानापन्न, बदल, एवज, एवजी; **2** (of thing) बदल, अनुकल्प [rubber ~s], नकली चीज [Beware of ~s]; **3** (esp. Skt. *gram*) आदेश; *vt* स्थानापन्न करना, प्रतिस्थापित करना, के स्थान पर रखना, (of thing) के बदले में रखना या बरतना [to ~ A by B; to ~ B for A]; *vi* स्थानापन्न के रूप में काम करना [to ~ for s.o.]

substitution सब्स्टि-ट्यूशन *n* **1** प्रतिस्थापन, बदलाव, **2** स्थानापत्ति

substratum सब्स्ट्रेटम *n* **1** अधोस्तर, निचली परत, तह, तल, **2** (*fig*) आधार, there is a ~ of truth in it इसकी तह में किंचित् सत्य है

substructure सब्-स्ट्रक्चर *n* निचला ढांचा, निचली संरचना, नींव, आधार

subsume सब्-स्यूम *vt* शामिल करना या समझना, अन्तर्गत करना या समझना [to ~ an instance under a rule etc]; **subsumption** सबसम्प्शन *n* अन्तर्भाव

subtenancy सब-टॆनन्सि *n* शिकमी किरायेदारी; **subtenant** सब्-टॆनन्ट *n* (मकान का) शिकमी किरायेदार, (ज़मीन का) शिकमी काश्तकार

subtend सब्-टॆन्ड *vt* (*geom.* of angle or chord) रेखा या वृत्तांश के सामने होना

subterfuge सब्टर्फ़्यूज *n* **1** निन्दा या बहस में हार से बचने के लिये विचाराधीन विषय को टालने की कोशिश, चाल, टाल-मटोल; **2** इस उद्देश्य से कही गई बात, बहाना, हीला-हवाला [to resort to ~], **3** वाक्छल, बहानेबाज़ी, चालबाज़ी

subterranean सब्ट-रेनिअन *a* धरती के नीचे का [~ river]; भूमि के अन्दर का, भूगत, भूगर्भीय [~ vault]

subterraneous सब्ट-रेनिअस *a* = prec

subtile (*arch* for subtle); **subtility** (*arch* for subtlety)

subtilize सटिलाइज़ *vt* & *i* **1** सूक्ष्म बनाना, **2** परिशुद्ध करना, सम्मार्जित करना [to ~ one's style], **3**.(*vi*) सूक्ष्म तर्क करना, बाल की खाल निकालना [to ~ on *or* upon sth]

subtitle सब्-टाइटल *n* & *vt* उपशीर्षक (देना)

subtle सटल *a* **1** सूक्ष्म, सूक्ष्मता के कारण फैला हुआ [a ~ vapour, perfume, etc], **2** दुर्ग्राह्य, दुर्बोध, रहस्यमय [~ charm], सूक्ष्म, बारीक [~ distinction], **3** सूक्ष्म पदार्थों या तत्त्वों को ग्रहण करने वाला, सूक्ष्मग्राही, तीक्ष्ण, तीव्र, तेज़ [~ senses, insight, mind]; a ~ observer सूक्ष्मदर्शी, सूक्ष्मद्रष्टा, **4** चतुर, कुशल, चतुराई का, कौशलपूर्ण [a ~ device, policy]; **5** धूर्त, मक्कार, काँइयाँ [a ~ enemy]; **subtly** सट्लि सूक्ष्म रूप से; चतुराई से

subtlety सटल्टि *a* **1** सूक्ष्मता, **2** दुर्ग्राह्यता, दुर्बोधता, सूक्ष्मता [~ of distinction], **3** सूक्ष्मग्राहिता, सूक्ष्मदर्शिता [~ of senses, mind], **4** धूर्तता, **5** सूक्ष्म भेद, बारीकी; बाल की खाल निकालना [to indulge in subtleties]

subtract सब्-ट्रैक्ट *n* घटाना, निकालना, व्यवकलन करना; **subtraction** *n* व्यवकलन; **subtractive** *a* व्यवकलनात्मक; व्यवकलक

subtrahend सब्-ट्रहॆन्ड *n* संख्या से निकाली जाने वाली संख्या, व्यवकल्य

subtropical सब्-ट्रॉपिकल *a* (of climate, fauna, etc) उपोष्ण, उपोष्णदेशीय

subulate सब्युलेट *a* (*bot.* & *zool*) पतला और गावदुम; सूच्यग्री

suburb सबर्ब *n* **1** नगर के बाहर रहने का इलाका, उपनगर, **2** (in *pl*) उपनगरक्षेत्र, नगर-परिसर [a house in the ~s]

suburban सबर्बन *a* उपनगरीय [~ train]; नगर के आस-पास का [~ area]

subvention सब्-वॆन्शन *n* राजकीय आर्थिक सहायता (की रकम), अनुदान

subversion सब्-वर्शन *n* तोड़-फोड़, विनाश, विध्वंस, ध्वंसकार्य (see subvert)

subversive सब्वर्सिव *a* तोड़-फोड़ का, बिगाड़ने का, नष्ट करने का, विध्वंसक, व्यवस्थाभंजक [~ activity ~ of peace etc]

subvert सब्-वर्ट *vt* **1** तोड़-फोड़ करना, बिगाड़ना, **2** *polit* गड़बड़ करना, व्यवस्था बिगाड़ना, अव्यवस्था फैलाना, **3** उलट देना, का तख़्ता उलटना [to ~ the government]; **4** में लोगों की आस्था मिटाना, विकृत करना, पर कुठाराघात करना [to ~ religion, the constitution, etc], In this way, justice is subverted इस तरह इन्साफ़ का ख़ून किया जाता है; **5** कार्यान्वित या पूरा न होने देना [to ~ a plan etc]

subway सब्वे *n* **1** ऊपर से ढका हुआ मार्ग, ज़मीन के नीचे बना मार्ग, सुरंग, **2** भूगर्भ-रेल

subzero सब्-ज़िअरो *a* शून्य से कम, अवशून्य [~ temperatures]

succedaneum सक्सि-डेनिअम *n* (*pl* -ea) **1** एक वस्तु के न मिलने पर काम में लाई जाने वाली दूसरी वस्तु, बदल, अनुकल्प, **2** (rarely of person) एवज़ी

succeed सक्-सीड *vt* & *i* **1** (किसी के) बाद आना या होना या घटित होना [Day ~s day], **2** किसी के बाद उसका स्थान ग्रहण करना [to ~

s.o.], उत्तराधिकारी होना [Humayun ~ed Babar]; **to ~ to the throne** गद्दी पर बैठना, 3 *vi* सफल होना, सफलता प्राप्त करना [to ~ in doing sth], 1 (of plan) सफल या पूरा होना, 2 फूलना-फलना, समृद्ध होना

succeeding सक्-सीडिङ्ग *a* बाद में आने वाला, उत्तरवर्ती [~ ages will honour him]

success सक्-सेंस *n* 1 सफलता [to meet with, to achieve, ~]; **without ~** (*adv. phr.*) निष्फल, व्यर्थ, बेकार, 2 (of experiment, venture, etc) to be, turn out to be, a ~ सफल होना, पूरा होना, 3 (of person) to be a ~ as a teacher, an actor, etc सफल अध्यापक, अभिनेता आदि होना, 4 समृद्धि, वैभव, **~ story** सफलता की कहानी; समृद्धिप्राप्ति, ख्यातिप्राप्ति, 5 **Nothing succeeds like ~** एक सफलता के बाद और सफलताएं मिलती हैं; सफलता सफलता की अनुगामी होती है, 6 उत्तीर्ण छात्र

successful सक्सेंस्फ़ल *a* 1 सफल, कामयाब, 2 समृद्ध, फलता-फूलता, 3 उत्तीर्ण, पास, कामयाब [~ candidates]

succession सक्-सेंशन *n* 1 एक चीज के बाद दूसरी, तीसरी आदि का बिना व्यवधान के आना, अनुक्रम, आनुपूर्व्य; **in ~** एक के बाद एक, निरन्तर, लगातार [three victories in ~]; 2 परम्परा, अनुक्रम, तांता, सिलसिला [a ~ of losses, disasters]; 3 (गद्दी, पद, संपत्ति आदि पाने का) उत्तराधिकार, राज्यारोहण, पदप्राप्ति, दायाधिकार, दायप्राप्ति; **in ~** to s.o. किसी के उत्तराधिकारी के रूप में, किसी के बाद; **law of ~** उत्तराधिकार-कानून; **~ certificate** उत्तराधिकार का प्रमाणपत्र; **to settle the ~** उत्तराधिकारी का निर्णय करना; **S~ States** देश के विभाजन से बनने वाले देश, उत्तराधिकारी देश या राज्य, 4 *biol* (जाति से उपजातियों के) विकास का क्रम; **~al** *a* अनुक्रम-संबंधी, आनुक्रमिक; उत्तराधिकार-संबंधी

successive सक्-सेंसिव *a* एक के बाद एक आने वाला, अनुपूर्व, निरन्तर, लगातार [three ~ victories]; **~ly** *adv* एक के बाद एक, क्रमशः, क्रमानुसार, बारी-बारी से; निरन्तर

successor सक्-सेंसर *n* 1 उत्तराधिकारी [~ to the throne]; दायाधिकारी, दायाद, 2 बाद में आने वाला व्यक्ति या वस्तु, अनुगामी, उत्तरवर्ती [~ to the Principal]

succinct सक्-सिङ्क्ट *a* संक्षिप्त, मिताक्षर, सुगठित; **~ly** *adv* थोड़े शब्दों में, संक्षेप में

succory सकरि *n*=chicory

succour सकर *vt* & *n* (संकटग्रस्त या दरिद्र की) सहायता करना; *n* (संकट या जरूरत के समय में) सहायता

succulence सक्युलन्स *n* सरसता, रसीलापन; गूदेदार प्रकृति; **succulent** सक्युलेंन्ट *a* 1 (of food, writing) रसीला, सरस, मजेदार; 2 *bot* गूदेदार, रसयुक्त

succumb स-कम *vi* 1 से परास्त होना, हार जाना, दब जाना, झुक जाना [to ~ to one's enemies], 2 अभिभूत होना, वशीभूत होना [to ~ to temptation], 3 मरना, **to ~ to one's injuries** घावों के कारण देहांत होना

such सच *a* & *pron* 1 *adj* (*N.B.*) 'Such' is not placed between 'a' or 'an' and the noun, but before or after them ऐसा, इस प्रकार का, इस तरह का [~ a man, ~ people, ~ things], such a man as he उस-जैसा आदमी, 2 इतना, इतना अधिक, बहुत, बड़ा [I had ~ a fright!]; **~ that** इतना (या ऐसा) . . . कि [She had ~ a fright that she fainted away], 3 **~ master ~ man** जैसा स्वामी वैसा सेवक; 4 **~ as** उदाहरणार्थ, जैसा कि [insects, ~ as wasps and bees]; **~ as it is** (अच्छा तो नहीं है पर) जैसा भी है [you can use my pen, ~ as it is], 5 **such-and-such** अमुक [He will be in ~-and-~ a place at ~-and-~ a time]; अमुक, फलां [He met ~-and-~ a person]; *pron* 1 वह, ऐसा [You are a coward. I am not ~]; **2 as ~** उस या इस रूप में, इस हैसियत से [Tourists are welcome as ~]

suchlike सच्लाइक *a* & *pron* (*colloq*) ऐसा; *pron* ऐसा व्यक्ति, ऐसे लोग, ऐसी चीज या चीजें

suck^1 सक *vt* & *i* 1 चूसना, पीना [to ~ milk, a liquid]; to ~ the breast of का स्तन-पान करना, का दूध पीना, 2 चूसना [to ~ an orange, sweets, one's thumb], 3 **to ~ sth dry** पूरा चूस डालना, निचोड़ लेना; 4 (of whirlpool etc) **to ~ in** अपने में समा लेना, निगल जाना, 5 (of sponge etc) **to ~ (sth) up** (पानी आदि) चूस लेना, सोख लेना, 6 *vi* मुंह से सांस लेना, to ~ **at** one's pipe पाइप का कश लगाना

suck^2 *n* 1 चूसना, चूषण [to have, take, a ~ at a lollipop], 2 स्तन-पान, to give ~ to a child बच्चे को स्तनपान कराना, 3 चुसकी, घूंट [a ~ of wine], 4 (of whirlpool etc) अपनी ओर खींचने की क्रिया, खिचाव; 5 *sl* (esp in *pl*) असफलता; आशा के बाद निराशा, टांय-टांय फिस, **What a ~! ~s!** बस रह गये (तुम)!

sucker सकर *n* 1 चूसने वाला, चूषक, 2 दूध-पीता बच्चा (वि० सूअर का), 3 चूषण-पम्प की पिस्टन, चूषक, 4 (पम्प की) चूषण-नली (जिससे पानी अन्दर आता है), 5 *bot* तने के भूगत भाग से फूटने वाली कोंपल, अन्तर्भूस्तरी, *zool* (जोंक आदि का) चूषण-अंग

sucking सकिङ्ग *a* दूध-पीता, दुधमुँहाँ [~ child, ~-pig]

suckle सकल *vt* (मां का बच्चे को) दूध पिलाना, स्तनपान कराना; (*fig*) पालना-पोसना; **suckling** *n* 1 दूध-पीता या दुधमुँहाँ बच्चा, 2 बिल्कुल अनुभवहीन या भोला-भाला व्यक्ति

sucrose स्यूक्रोंस *n* गन्ने की शक्कर या चीनी, इक्षुशर्करा

suction सक्शन *n* 1 चूषण, 2 ~ **pump** पानी खींचने का पंप, दमकल, चूषण-पंप

suctorial सक्टॉरिअल *a* (*zool*) चूसने का, चूषक, चूषणार्थ

sudatory स्यूड-टरि *a* & *n* पसीना लाने वाला (औषध), प्रस्वेदक

sudden सडन *a* 1 अचानक आने या होने वाला, आकस्मिक [a ~ change, shower, etc], 2 बिना तैयारी या सूचना के [~ departure], 3 बड़ी फुरती या तेज़ी से होने वाला [a ~ turn of the wrist], 4 तीखा [a ~ bend in the road]; **(all) of a** *or* **on a** ~ = suddenly; ~**ly** *adv* अकस्मात्, अचानक, एकाएक; ~**ness** *n* 1 आकस्मिकता [~ness of one's departure], 2 फुरती, तेज़ी

sudoriferous स्यूड-रिफ़रस *a* (of gland) जिसमें से पसीना निकले; स्वेदधर, स्वेदस्रावी

sudorific स्यूड-रिफ़िक *a* & *n* स्वेदजनक (औषध)

suds सड्ज़ *n pl* साबुन की झाग [usu soap-~]

sue स्यू, सू *vt* & *i* 1 किसी पर मुकदमा करना, नालिश करना [to ~ s.o.]; 2 **to ~ s.o. for damages** किसी पर हरजाने का दावा करना, 3 *vi* **to** ~ (to s.o.) **for a favour, for sth** (किसी से) किसी चीज़ की याचना करना; **to ~ for a woman's hand** विवाह-प्रस्ताव करना; **to ~ for peace** सुलह की प्रार्थना या दरख़ास्त करना, 4 **to ~ out** अदालत से दरख़ास्त कर के प्राप्त कर लेना [to ~ out a pardon, writ, etc]

suede स्वेड *n* मेमने का बिना कमाया हुआ चमड़ा, स्वेड-चमड़ा

suet स्यूइट *n* गाय-बैल या भेड़ आदि (के गुर्दे या कटि पर) की कड़ी चर्बी; गो-वसा; ~**y** *a* वसामय

suffer सफ़र *vt* & *i* 1 (दु:ख, कष्ट, हानि आदि) उठाना, सहना, भोगना; **to ~ defeat** हार जाना, पराजित होना, 2 होने देना, करने देना [They ~ed him to go; *N.B.* 'allow', 'permit', are more usu in this sense]; सहन करना, बरदाश्त करना [I shall ~ no retort], 3 *vi* रोग आदि से ग्रस्त या पीड़ित होना [to ~ **from** fever], 4 दु:ख उठाना या भोगना; दण्ड या सज़ा पाना [you'll ~ **for** it], 5 हानि या क्षति पहुंचना [your reputation, business, etc, will ~]; हानि उठाना [our army ~ed severely]; ~**-able** सफ़्-र-बल *a* सह्य; ~**er** *n* 1 दु:ख या हानि उठाने वाला, 2 रोगी; ~**ing** *n* & *a* दु:ख, कष्ट, पीड़ा, व्यथा, *a* दु:खी, कष्टग्रस्त, पीड़ाग्रस्त

sufferance सफ़्रन्स *n* मौन सम्मति या अनुमति, एतराज़ या आपत्ति के अभाव से व्यक्त अनुमति, He is here **on** ~ उसे यहां रहने दिया जा रहा है (पर उसकी यहां ज़रूरत नहीं है)

suffice स-फ़ाइस *vi* & *t* 1 पर्याप्त होना [That will ~ to prove it; that will ~ **for** me (also see *vt*)]; **suffice it to say that . . .** बस इतना कहना काफ़ी है कि • • •, मैं अधिक नहीं कहना चाहता; 2 *vt* के लिए पर्याप्त होना, की आवश्यकता पूरी करना [Two chapaties will ~ me]

sufficiency स-फ़िशन्सि *n* 1 पर्याप्तता, पर्याप्त मात्रा, प्राचुर्य, 2 समृद्धि, सम्पन्नता, खुशहाली

sufficient स-फ़िशन्ट *a* & *n* काफ़ी, पर्याप्त, यथेष्ट, *n* पर्याप्त मात्रा [Have you had ~?]; ~**ly** *adv* काफ़ी, पर्याप्त मात्रा में, पर्याप्त रूप से

suffix स-फ़िक्स *n* & *vt* (शब्दरचना में) मूल शब्द के अन्त में लगने वाला शब्दसमूह, प्रत्यय, परप्रत्यय, *vt* प्रत्यय लगाना

suffocate सफ़केट *vt* & *i* 1 गला घोंटना, गला घोंट कर मार डालना, 2 *vi* दम घुटना; 3 हांफना, सांस फूलना; **suffocation** सफ़-केशन *n* दमघुटना, दमघुटी, घुटन

suffragan सफ़्रगन *n* बिशप का सहायक

suffrage सफ़्रिज *n* 1 वोट, मत, 2 (राजनीतिक चुनावों में) वोट देने का अधिकार, मताधिकार, **adult** *or* **universal** ~ वयस्क मताधिकार

suffragette सफ़्-जेॅट *n* नारी-मताधिकार के लिए आन्दोलन करने वाली स्त्री, नारीमतान्दोलिका

suffragist सफ़्रजिस्ट *n* वि० नारी-मताधिकार का समर्थक; नारीमतसमर्थक

suffuse स-फ़्यूज़ *vt* (of colour or moisture) अन्दर से उमड़ पड़ना और फैल जाना; A blush ~d her cheeks उसके गालों पर सुर्खी दौड़ गई; Tears suffused her eyes उसकी आंखें डबडबा आईं; **suffusion** सफ़्यूश्ज़न *n* (लाली या नमी आदि का) फैल जाना, व्याप्ति

sugar^1 शुगर *n* 1 चीनी, शर्करा, 2 unrefined ~ शक्कर, खांड, बूरा, 3 मधुर शब्द, मीठी-मीठी बातें, चापलूसी, 4 *comb*: ~**-beet** चुकन्दर; ~**-candy** मिसरी; ~**-cane** गन्ना; ~**-coat** *vt* चीनी चढ़ाना; ~**-coated** *a* चीनी-चढ़ा; *fig* देखने में प्रिय या आकर्षक; *fig* ~**-loaf** मिसरी, कन्द

sugar^2 *vt* & *i* 1 चीनी या मीठा डालना, 2 चीनी चढ़ाना या लगाना या छिड़कना; 3 **to ~ the pill** अप्रिय बात को प्रिय रूप में प्रस्तुत करना

sugary शुगरि *a* चीनी-जैसा, चीनी-मिला; चीनी-चढ़ा, *fig* बहुत मीठा, अति मधुर [~ music, eloquence]

suggest सजेॅस्ट *vt* 1 प्रस्ताव करना, सुझाव देना, सुझाना [He ~s, a retreat, that we should retreat], 2 अप्रत्यक्ष संकेत करना, एक ढंग से कह देना, अभिप्राय या मतलब होना [Do you ~ that I am lying?], 3 (of an idea etc) to ~ **itself** सूझना, मन में आना

suggestibility सजे॑स्ट-बिलिटि *n* 1 सुझाने या प्रस्ताव करने योग्य होना, प्रस्तावयोग्यता; 2 (of person) सम्मोहनीयता

suggestible सजे॑स्टिबल *a* 1 जिसका सुझाव दिया जा सके, सुझाने लायक, प्रस्ताव्य, 2 (of person) सुझावग्राही; जिसका सम्मोहन किया जा सके, सम्मोहनीय

suggestio falsi L सजे॑स्टिओ फ़ैल्साइ *n* तथ्य को छिपाने के लिए साफ़ झूठ न बोलते हुए कुछ ग़लत-बयानी करना, तोड़-मरोड़ कर कही गई बात, असत्य का सुझाव

suggestion स-जे॑स्चन *n* 1 सुझाव, प्रस्ताव, सलाह [to make, offer, a ~], 2 संकेत, इशारा, ध्वनि, व्यंग्यार्थ; 3 सम्मोहन; 4 **~-box** लिखित सुझाव की पर्ची डालने की पेटी, सुझाव-पेटी

suggestive स-जे॑स्टिव *a* 1 जिससे कोई बात सूझ जाए या किसी का ख़्याल आ जाए, (भावना, समृति) जागृत करने वाला [~ of sth], 2 व्यंजक, अर्थपूर्ण, अश्लील बात का सुझाव देने वाला [~ jokes]

suicidal सूइ-साइडल *a* 1 आत्मघातक, आत्मघात का [~ tendency]; 2 अपनी बरबादी का, अपने हित के प्रतिकूल [It will be ~ to do so]

suicide सूइसाइड *n* & *vi* 1 आत्महत्या, आत्मघात [to commit ~], **~ pact** एक-साथ आत्महत्या करने का करार; 2 *fig* अपने पांव पर आप कुल्हाड़ी मारना, स्वयं अपना भविष्य बिगाड़ना [to commit political ~], 3 आत्महत्या करने वाला, आत्मघाती; *vi* आत्महत्या करना

sui generis L स्यूआइ जे॑नरिस *a* अपनी किस्म का आप, अद्वितीय

sui juris 1 स्यूआइ जुअ-रिस *a* वयस्क और (कानूनी मामलों में) सक्षम

suilline स्यूइ-लाइन *a* सूअर जाति का, शूकर-जातीय

suint स्विन्ट *n* भेड़ के ऊन में पाई जाने वाली चर्बी (जो मरहम बनाने में काम आती है), ऊर्णवसा

suit^1 सूट *n* 1 प्रार्थना, याचना, निवेदन, 2 विवाह-प्रस्ताव (see sue 3), 3 (also **law-~**) मुकदमा, नालिश, दावा, वाद, व्यवहार [to bring a ~ against s.o.]; **criminal ~** फ़ौजदारी मुकदमा; **civil ~** दीवानी मुकदमा, 4 (ताश के) एक रंग के सारे पत्ते, रंग, **to follow ~** वह रंग चलना जो दूसरे खिलाड़ी ने चला हो; *fig* वही बात करना (जो दूसरे ने की हो), वैसा ही करना, 5 (कपड़ों का) जोड़ा, सूट, 6 **~-case** सूटकेस, 7 **suiting** *n* सूट का कपड़ा

suit^2 *vt* 1 अनुकूल या उपयुक्त या अनुरूप बनाना [to ~ one's style to the audience], **to ~ the action to the word** मुँह से निकाली बात (वादा या धमकी आदि) फ़ौरन् पूरी करना, 2 अनुकूल होना, माफ़िक आना, के लिए ठीक होना [This climate, food, house, work, etc ~s me], 3 मेल बैठना, मेल खाना, सजना, भला लगना, शोभा देना, फबना [The cap ~s you], 4 सुविधाजनक होना, सुभीते का होना, ठीक होना [The date, time, etc ~s me; it ~s me to put up with him]; **Suit yourself** जो तुम्हें ठीक लगे करो, जो चाहो सो करो, 5 (in *pp*) **to be ~ed to, for,** sth ठीक या अनुकूल होना; के योग्य होना [He is **~ed to be** *or* **for** a doctor]

suitability सूट-बिलिटि *n* 1 अनुकूलता, अनुरूपता, मेल; 2 उपयुक्तता, 3 योग्यता, अर्हता [~ ~ for a post]

suitable सूट-बल *a* 1 उपयुक्त, उचित, ठीक [~ to, for, sth], योग्य [~ for a post]; 2 सुविधाजनक, सुभीते का

suite स्वीट *n* 1 अनुचर, नौकर-चाकर, परिजन, 2 **~ of rooms** दो-तीन कमरों का सेट; **~ of furniture** एक-साथ के मेज़, कुर्सी आदि, फ़र्नीचर का सेट (set)

suitor सूटर *n* 1 दावा दायर करने वाला, वादी, मुद्दई, 2 प्रार्थी, अर्ज़ीदार, याचिका-दाता, 3 प्रेमी, विवाह प्रस्ताव करने वाला पुरुष, विवाहार्थी

sulcate सल्केट *a* (*bot*, *anat*) नालीदार, खांचेदार

sulk सल्क *n* & *vi* (usu in *pl*) नाराज़गी, कुढ़न, रूठन, to be in the ~s नाराज़ होना, मुँह फुलाना, *vi* अप्रसन्नता व्यक्त करना, मुँह फुलाना, रूठना

sulky^1 सल्कि *a* 1 नाराज़, रुष्ट, रूठा हुआ [to be ~ with s.o.]; नाराज़गी के कारण मौन; to look ~ मुँह फुलाना; 2 चिड़चिड़ा

sulky^2 *n* एक व्यक्ति के लिए दो-पहिया गाड़ी टमटम

sullage सलिज *n* 1 कूड़ा-करकट, कचरा, 2 गंदी नाली का पानी, गंदा पानी

sullen सलन *a* 1 (of person) नाराज़, रुष्ट; 2 अनमना, उदास (प्रकृति का), जो मिलनसार न हो, रूखा, चिड़चिड़ा, 3 (of thing) निराशाजनक, मनहूस; **~ly** *adv* 1 नाराज़गी से, रुखाई से, 2 अनिच्छापूर्वक, बेदिली से [to obey ~ly]; **~-ness** *n* 1 नाराज़गी, 2 उदास प्रकृति, 3 चिड़चिड़ापन

sully सलि *vt* 1 मलिन या मैला या कलुषित करना, 2 पर कलङ्क लगाना [to ~ the reputation of s.o.]

sulpha, sulfa सल्फ़: *a* = sulphonamide

sulphate सल्फ़ेट *n* गन्धक का यौगिक, सल्फ़ेट, copper ~ नीला थोथा; iron ~ कसीस, कासीस;

sulphide, sulphite *nn* गन्धक के यौगिक

sulphonamide सल्फ़ोॅन-माइड *n* & *a* कुछ प्रकार के रोगजनक जीवाणुओं की वृद्धि रोकने वाली (औषध)

sulphur सल्फ़र *n* & *a* & *vt* 1 गन्धक; ~-**spring** गंधक (-मिश्रित जल) का चश्मा; 2 एक प्रकार की पीली तितली; गंधक तितली; *a* गंधक के रंग का, हल्का पीला, *vt* गंधक का धुआं देना; **sulphurate** सल्फ़्युरेट *vi* गंधक लगाना (वि० रंग उड़ाने के लिए), गंधक का धुआं देना

sulphureous सल्फ़्युअ-रिअस *a* 1 गंधक-जैसा, गंधकी; 2 *bot* गंधक के रंग का, हल्का पीला; **sulphuretted** सल्फ़्युअ-रेॅटिड *a* गंधकयुक्त [~ hydrogen]

sulphuric सल्फ़्युअ-रिक *a*. ~ acid गंधक का तेज़ाब, सल्फ़्यूरिक अम्ल

sultan सल्टन *n* 1 the S~ (वि० तुर्की का) शासक, सुल्तान; 2 (*bot*) sweet, yellow, ~ फूलों की किस्में

sultana सल्टान: *n* 1 पक्षी-विशेष, 2 (एक प्रकार की बीजरहित) किशमिश, 3 सुल्तान की माता अथवा पत्नी अथवा पुत्री

sultanate सल्टनट *n* सुल्तान का राज्य अथवा पद

sultriness सल्ट्रिनिस *n* 1 उमस, घमसा, 2 तीव्रता, उग्रता

sultry सल्ट्रि *a* 1 उमसदार; ~ atmosphere, weather उमस, घमसा, 2 (of temper) तीव्र, उग्र, 3 कामोत्तेजक, कामी

sum^1 सम *n* 1 जोड़, योग, योगफल, मीज़ान, 2 सार, सारांश, संक्षेप, निचोड़, निष्कर्ष, **the ~ and substance of** the matter मामले का सारांश; **in ~** संक्षेपत:, 3 (also **~ of money**) राशि, धन-राशि, रकम, 4 (गणित का) प्रश्न, सवाल, **to do ~s** सवाल निकालना या हल करना, 5 **~-total** सब जोड़ों का जोड़, कुल जोड़, कुल योग

sum^2 *vt* (-mm-) 1 जोड़ना, योग करना, मीज़ान लगाना, 2 **to ~ up** सारांश बताना, संक्षेप में कहना; संक्षेप में या मोटी-मोटी बातें दोहराना [to ~ up the evidence etc], 3 **to ~ up a** person व्यक्ति के (चरित्र, योग्यता आदि के) विषय में अपनी राय बनाना या व्यक्त करना, 4 **~ming-up** (जज के द्वारा दिया गया) समस्त साक्ष्य का सार, संक्षिप्त विवरण; **~ming-up of the situation** स्थिति (कैसी है इस) के विषय में किसी की राय, स्थिति का मूल्यांकन

summa सम: *n* (*pl* ~e) (किसी विषय का) सारसंग्रह

summarily समरि-लि *adv* 1 संक्षेप में, 2 तुरत, सरसरी तौर पर

summarize समराइज़ *vt* 1 संक्षिप्त करना, 2 का संक्षेप या सारांश होना

summary समरि *a* & *n* 1 संक्षिप्त, सार-मात्र; ~ account संक्षिप्त विवरण; 2 शीघ्रता से किया हुआ, जल्दी निपटाया हुआ, सरसरी, तुरत [~ trial, proceedings]; ~ **jurisdiction** सरसरी सुनवाई (करने और दंड सुनाने) का अधिकार; *n* सार, सारांश, संक्षेप, संक्षिप्त विवरण

summation स-मेशन *n* 1 जोड़ करना, योग (करना); संकलन, जमा, 2 = summing-up (see sum^2, 4)

summer^1 समर *n*, *a* & *vi* 1 ग्रीष्म (ऋतु), गरमी (का मौसम), 2 (usu. in *pl*) आयु के वर्ष, a maiden of twenty ~s बीस वर्ष की युवती; 3 *adj*. ~-**house** (गरमी के दिनों में बैठने के लिए बाग में बना छोटा) ठंडा भवन, ग्रीष्म-भवन; ~-**school** गरमी की छुट्टियों में अध्ययन का शिविर, ग्रीष्म-शिविर, *vi* (ठंडी जगह में) गरमी के दिन बिताना [to ~ at, in, a place]

summer^2 *n* ~ (-**tree**) आड़ा शहतीर (जिस पर ढालू छत की तिरछी कड़ियां रखी जाती हैं); मुख्य कड़ी, मुख्य शहतीर

summersault = somersault

summit समिट *n* 1 (पर्वत की) चोटी, शिखर [also *fig*. at the ~ of power]; 2 पराकाष्ठा [the ~ of my ambition]; 3 ~ **meeting** सर्वोच्च अधिकारियों या राज्याध्यक्षों का सम्मेलन, शिखर-सम्मेलन, ~ **talks** शासनाध्यक्षों की बातचीत, शिखर-वार्ता

summon समन *vt* 1 बुलाना, बुला भेजना, 2 अदालत में तलब करना, हाज़िर होने का आदेश देना, के नाम सम्मन भेजना या जारी करना, 3 अधिवेशन बुलाना [to ~ Parliament]; 4 कहना, मांग करना, आग्रह करना [to ~ a town to surrender]; 5 **to ~ up** (one's) **courage** (for a task, to do sth) साहस बटोरना

summons समन्ज़ *n* (*pl* ~es) 1 बुलावा, आह्वान, 2 अदालत में हाज़िर होने का परवाना या आदेश, सम्मन [**to serve a ~ on** s.o.], 3 (*mil*) ~ to surrender हथियार डालने का हुक्म

summum bonum L सममुबोनम *n* परम कल्याण, परम हित

sump सम्प *n* फ़ालतू पानी या तेल आदि के लिए गड्ढा, चहबच्चा, हौदी; गंदे पानी का हौज़, मलकुंड

sumptuary सम्प्चुअरि *a* 1 व्यय-संबंधी, व्यय-नियन्त्रण-संबंधी, ~ **law** राज्य के हित में व्यक्तिगत ख़र्च को सीमित करने का कानून, व्यय-परिसीमन कानून; ~ taxes व्यय-नियन्त्रण कर, 2 ~ **allowance** आतिथ्य (पर खर्च करने का) भत्ता

sumptuous सम्प्चुअस *a* महँगा और बढ़िया, कीमती, बहुमूल्य, शानदार, राजसी [~ dinner, furniture]

sun^1 सन *n* 1 सूर्य, सूरज; **the midnight ~** ध्रुव प्रदेश में मध्यरात्रि में दिखने वाला सूर्य; **the ~ rises, sets** सूर्य उदय होता है, अस्त होता है, **to rise with the sun** दिन निकलते ही उठना; **his**

sun is set (*fig*) उसके समृद्धि के दिन बीत गये हैं, उसका जीवन समाप्त हो गया है; **to hold a candle to the ~** दिन में दीपक जलाना; नितान्त अनावश्यक काम करना; **to have a** *or* **one's place in the ~** विकास या उन्नति के लिए अच्छी परिस्थिति में होना; **under the ~** पृथ्वी पर, संसार में, 2 धूप, घाम, आतप, **to take the ~** धूप तापना, **to sit in the ~** धूप में बैठना; **to get a touch of the ~** तनिक लू लगना; 3 *comb*: **~-bath** नंगे शरीर को धूप लगवाना, धूप-स्नान; **~burn** धूप की झुलसन, धूप-झुलस, **~-dial** धूपघड़ी, **~-down**=sunset; **~-dried** धूप में सुखाया हुआ; **~flower** सूर्यमुखी, सूरजमुखी; **~light** सूर्यप्रकाश, **sunrise** सूर्योदय (का समय), **sunset** सूर्यास्त (का समय); **~shine** सूर्यप्रकाश, धूप; *fig* हर्षोल्लास (का वातावरण); **~spot** सूर्य पर कभी-कभी दिखने वाले धब्बों में से एक, सूरज का धब्बा, **~stroke** लू लगना [to get ~stroke]

sun^2 *vt* (-nn-) 1 धूप में रखना, धूप में सुखाना, 2 **to ~ oneself** धूप तापना; *fig* (अनुकूल स्थिति से) लाभान्वित होना

sundae सन्डे *n* फलमिश्रित आइसक्रीम

Sunday सन्डे, सन्डि *n* रविवार, इतवार

sunder सन्डर *vt* & *n* (*liter*) 1 अलग करना, पृथक् करना [to ~ from], 2 दो टुकड़े करना, चीरना; (*n*) **in ~** पृथक्-पृथक्

sundry सन्ड्रि *a* 1 कुछ, कई, विविध, **all and ~** सभी, सब के सब, 2 **sundries** (*n pl*) फुटकर चीज़ें (जिनका अलग-अलग नाम लेना ज़रूरी न हो); फुटकर ख़र्च, **sundriesman** फुटकर-विक्रेता

sunny सनि *a* 1 जहां धूप हो, धूप वाला; 2 उज्ज्वल, (*fig*) **the ~ side (of the picture)** मामले का उज्ज्वल पक्ष या पहलू; 3 हंसमुख, प्रसन्नचित्त, ज़िन्दादिल [~ disposition]

sup सप *vt* & *i* (-pp-) & *n* 1 (चाय, शोरबा आदि) चम्मच से घूंट-घूंट पीना, सुरकना, 2 *vi* खाना [to ~ **off** *or* **on** rice etc], *n* घूंट, घूंट-भर [to take a ~ of soup; I've had neither bite nor sup]

super सूपर *pref* 1 ऊपर, उपरि, 2 से अधिक या बढ़कर, 3 से परे, के पार; 4 के अतिरिक्त

superable सूपर-बल *a* जिसे पार किया जा सके, जिस पर विजय पाई जा सके, विजेय (opp. insuperable *q.v.*)

superabound सूपर-बाउन्ड *vi* अत्यधिक होना, भरमार होना [to ~ **in, with**]

superabundance सूपर-बन्डन्स *n* आधिक्य, बहुतायत, भरमार; **superabundant** *a* बहुत अधिक, प्रचुर

superadd सूप-रैड *vt* और जोड़ देना

superannuate सूप-रैन्युएट *vt* 1 (पेंशन देकर) सेवानिवृत्त करना, (पुरानी मोटरगाड़ी को) बेकार समझ कर हटा देना, 2 *vi* सेवानिवृत्ति की आयु का हो जाना; **~d** *a* 1 सेवानिवृत्त, 2 (पुराना हो जाने के कारण) बेकार; **superannuation** *n* (वार्धक्य-) सेवानिवृत्ति, वार्धक्य-निवर्तन

superb सू-पर्ब *a* 1 भव्य, शानदार [a ~ display]; 2 उत्तम, श्रेष्ठ, उत्कृष्ट [~ courage]; मनोमुग्धकारी [~ beauty]

supercargo सूपर्कार्गो *n* (वाणिज्यपोत का) माल (बेचने आदि का) अधिकारी; **supercharged** जिसमें बारूद आदि बहुत अधिक भरा हो; अत्युत्तेजित

supercilious सूपर्-सिलिअस *a* 1 दूसरों को तुच्छ समझने वाला, नकचढ़ा, अभिमानी, 2 अभिमानपूर्ण, तिरस्कारपूर्ण [~ manner]; **~ness** *n* अभिमान, घमंड

superclass सूपर्क्लास *n* अत्युत्तम श्रेणी, आला दर्जा

superconscious सूपर्-कॉन्शस *a* अधिचेतन, **~ state** अधिचेतना की अवस्था; **~ness** *n* अधिचेतना, परा चेतना

super-ego सूपर्-ईगो *n* (*psych*) चित्तवृत्तियों पर नियन्त्रण रखने वाली मानसिक शक्ति, पराहम्

supererogation सूपर्-एॅर-गेशन *n* कर्तव्य से अधिक काम करना; अतिरिक्त कर्तव्यपालन, अतिरिक्त पुण्य

superficial सूपर्-फ़िशल *a* 1 सतही, ऊपर-ऊपर का, **मामूली,** हल्का [~ wound], 2 कम, थोड़ा, किंचिन्मात्र, मामूली, सतही [~ resemblance, knowledge], 3 (of person) गहराई में न जाने वाला, अल्पज्ञ, पल्लवग्राही; (प्रेम, दया, सहानुभूति आदि का) दिखावा-मात्र करने वाला; **~ity** *n* अल्पज्ञता, पल्लवग्राहिता

superficies सूपर्-फ़िशीज *n* (*pl* same) *geom* सतह, तल, ऊपरी तल, पृष्ठ

superfine सूपर्फ़ाइन 1 बहुत बढ़िया [~ cloth]; 2 अतिसूक्ष्म [~ distinctions]; 3 आवश्यकता से अधिक परिष्कृत, अतिपरिष्कृत

superfluity सूपर्-फ़्लूइटि *n* 1 अत्यधिकता, बहुतायत, बाहुल्य, **to have a ~ of good things** धन-धान्य का प्राचुर्य होना, 2 ज़रूरत से अधिक चीज़ या मात्रा, फ़ालतू चीज़; **to give of one's ~** अपनी ज़रूरत से अधिक की चीज़ों में से कुछ दे देना

superfluous सू-पर्फ़्लुअस *a* 1 आवश्यकता से अधिक, फ़ालतू, अतिरिक्त, 2 अनावश्यक

superhuman सूपर्-ह्यूमन *a* 1 अतिमानुषिक, 2 अलौकिक, दिव्य, दैवी

superimpose सूपर्इम्-पोज़ *vt* ऊपर रखना या लगाना, अध्यारोपित करना [to ~ sth on sth]; **superimposition** *n* ऊपर लगाना, अध्यारोपण; ऊपर लगाई गई चीज़; **superincumbent** ऊपर रखा हुआ, उपरिवर्ती, उपरिस्थ

superintend सूप्रिन्-टॅन्ड *vt* & *i* 1 निरीक्षण करना, देखभाल या देखरेख करना, नज़र रखना, 2

प्रबन्ध करना; **~ence** *n* निरीक्षण, अधीक्षण, देखरेख, देखभाल, तत्त्वावधान

superintendent सूप्रिन्-टॅन्डन्ट *n* 1 प्रबन्धक, 2 निरीक्षक, अधीक्षक, सुपरिन्टेन्डेन्ट, ~ of police पुलिस-अधीक्षक

superior सुपि-अ-रिअर *a* 1 उच्चतर, बड़ा, प्रवर [~ court, officer], 2 अपेक्षाकृत अधिक या बड़ा [~ wealth]; **~ numbers** अपेक्षाकृत अधिक संख्या, अधिक लोग [We were overcome by ~ numbers]; 3 ज़्यादा अच्छा, बेहतर [~ wisdom]; 4 उत्तम, उत्कृष्ट, बढ़िया [made of ~ leather]; 5 **~ to** से ऊपर, पर ध्यान न देने वाला, से प्रभावित न होने वाला [is ~ to bribery, flattery, temptation]; **to rise ~ to** से ऊपर उठना, से प्रभावित न होना, *n* 1 प्रवर अधिकारी; 2 अधिक गुणवान् या योग्यतर व्यक्ति; 3 उम्र में बड़ा व्यक्ति, बड़ा, गुरुजन, 4 आश्रम या मठ का अध्यक्ष या अध्यक्षा [Father, Mother, Superior]

superiority सुपिअ-रि-ऑरिटि *n* प्रवरता वरिष्ठता, उत्कृष्टता, श्रेष्ठता; **~ complex** अपने आपको दूसरों से श्रेष्ठ या बड़ा समझने का वहम; श्रेष्ठता का वहम या भ्रम, श्रेष्ठंमन्यता

superjacent सूपर्-जेसन्ट *a* ऊपर रखा हुआ, उपरिवर्ती, अधिलग्न

superlative सूपर्ल-टिव *a & n* 1 सर्वाधिक, सर्वोच्च, परम, उत्तम कोटि का, आला दर्जे का [~ wisdom, beauty], 2 (*gram*) **~ degree** (विशेषण और क्रियाविशेषण की) उत्तमावस्था (का रूप); *n* the ~ = ~ degree

superman सूपर्मॅन *n* मनुष्य से अधिक बल या बुद्धि रखने वाला मनुष्य, अतिमानुष, अतिमानव; **supermarket** (खाद्य सामग्री और घरेलू सामान की) बहुत बड़ी दुकान, सुपर बाज़ार; **supernal** सुपर्नल *a* (*poet*) स्वर्ग-जैसा, स्वर्गीय, दिव्य

supernatural सूपर्-नैचरल *a* 1 लोकोत्तर, अलौकिक, 2 दिव्य, दैवी, असाधारण, अतिप्राकृत; **~ism** *n* दैवी शक्ति में विश्वास; अतिप्रकृतिवाद

supernormal सूपर्-नॉर्मल *a* औसत से बढ़कर, साधारण से अच्छा, अधिसामान्य, असामान्य, असाधारण

supernumerary सूपर्-न्यूम-रॅरि *a & n* 1 साधारण संख्या से अधिक (वस्तु या व्यक्ति), 2 अनावश्यक या फ़ालतू (वस्तु या व्यक्ति); 3 (छोटे-मोटे काम के लिए नियुक्त) अतिरिक्त व्यक्ति; 4 *theatr* अतिरिक्त पात्र (जो रंगमंच पर मौन रहता है)

superordinate सूपर्-ऑर्डिनट *a* से अधिक महत्त्व का, से बड़ा

superphosphate सूपर्-फ़ॉस्फ़ेट *n* एक प्रकार का उर्वरक

superpose सूपर्-पोज़ *vt* ऊपर रखना [to ~ (up)on]; **superposition** *n* उपरिस्थापन

superpower सूपर्-पॉवर *n* अतिशक्तिशाली राष्ट्र; महाशक्ति, *e.g.* U.S.A., U.S.S.R.

superscribe सूपर्-स्क्राइब *vt* उपरले सिरे पर या (लिफ़ाफ़े आदि के) बाहर लिखना [packet ~d 'Glass with care']; **superscription** *n* 1 सिक्के पर लिखे शब्द, मुद्रालेख, 2 (on letter) पता, 3 (on document) उपरिलेख

supersede सूपर्-सीड *vt* 1 का स्थान लेना, के स्थान पर आना [to ~ s.o.], 2 के स्थान पर रखना, को निकाल देना, 3 हटा देना, भंग करना [The municipality has been ~d]; 4 छोड़ देना, न बरतना [This method has been ~d]

supersensible सूपर्-सॅन्सिबल *a* अतीन्द्रिय; **supersensitive** *a* अतिसंवेदनशील

supersession सूपर-सॅशन *n* (f. supersede) 1 हटाना, निकालना; हटाया या निकाला जाना, बरख़ास्तगी, 2 एक वस्तु के स्थान पर दूसरी का प्रयोग [~ of sth by sth]

supersonic सूपर्-सॉनिक *a* 1 (of sound) श्रवणातीत, 2 (of speed) ध्वनि की गति से अधिक, 3 (of aircraft) ध्वनि (की गति) से तेज़, आवाज़ से तेज़, अतिध्वनिक, पराध्वनिक; **~s** *n* पराध्वानिकी

superstition सूपर्-स्टिशन *n* अन्धविश्वास; **superstitious** *a* अन्धविश्वासी

superstructure सूपर्-स्ट्रक्चर *n* किसी चीज़ के ऊपर की गई रचना, (इमारत की नींव से) ऊपर का ढांचा, इमारत का ऊपरी भाग, अधिरचना

supertax सूपर्-टैक्स *n* टैक्स के ऊपर टैक्स, अधिकर, सुपरटैक्स

supervene सूपर्-वीन *vi* बीच में आना या आ पड़ना, परिणामस्वरूप या बाद में बन जाना [tetanus ~d on the wound]; **supervention** सूपर्-वॅन्शन *n* (परिणामी) घटना, परिणाम

supervise सूपर्वाइज़ *vt* 1 (काम या व्यक्ति की) देखभाल या देखरेख करना, निगरानी करना, निरीक्षण या पर्यवेक्षण करना, 2 (व्यवसाय आदि का) संचालन करना, प्रबन्ध करना

supervision सूपर्-विश़न *n* 1 निरीक्षण, पर्यवेक्षण, देखभाल, देखरेख [under police ~]; 2 (व्यवसाय आदि का) संचालन, प्रबन्ध

supervisor सूपर्वाइज़र *n* निरीक्षक; **~y** *a* 1 निरीक्षण का, निरीक्षणात्मक, पर्यवेक्षण का [~y role]; 2 निरीक्षक, पर्यवेक्षक, पर्यवेक्षी [~y body]

supinate सूपिनेट *vt* हथेली ऊपर करना [to ~ the hand]; **supination** *n* हथेली का ऊपर होना, उत्तानावस्था, उत्तानता

supine सूपाइन *a* 1 पीठ के बल लेटा या पड़ा हुआ, चित, उत्तान, 2 जिसका काम करने को जी न करे, सुस्त, आलसी; **~ness** *n* 1 उत्तानता, चित अवस्था, 2 सुस्ती, आलसीपन, आलस्य

supper सपर *n* 1 (पाश्चात्य देशों में) रात के

खाने के बाद सोने से पहले किया जाने वाला आहार, नैश-आहार, ब्यालू; 2 Last S~ (सूली पर लटकाये जाने से पहले) ईसा का अपने शिष्यों के साथ अन्तिम भोज

supplant सप्-लान्ट *vt* (किसी को) हटा कर उसकी जगह ले लेना, (चालाकी से) निकाल देना

supple सपल *a* & *vt* & *i* 1 लचकदार, लचीला, सुनम्य [~ figure], 2 मान जाने वाला, प्रकट विरोध न करने वाला, दब्बू, वशवर्ती; 3 चापलूस, खुशामदी, गिड़गिड़ाने वाला, **जीहुज़ूरिया;** *vt* & *i* लचीला बनाना या बनना

supplement^1 सप्लिमन्ट *n* 1 कमी को पूरा करने के लिए जोड़ी गई चीज, पूरक, अनुपूरक; 2 (पुस्तक, समाचारपत्र का) परिशिष्ट, (समाचारपत्र का) क्रोड़-पत्र, 3 *geom* संपूरक कोण (जिनके जोड़ने से 180° या ऋजुकोण बन जाए), ऋजुपूरक

supplement^2 सप्लिमेंन्ट *vt* 1 परिशिष्ट जोड़ना, 2 बढ़ाना [to work overtime to ~ one's income]

supplemental, -ary सप्लिमेंन्टल, -टरि *aa* 1 पूरक, अनपूरक, अतिरिक्त, 2 **supplementary angle** ऋजुपूरक कोण, 3 **supplementary question** (*Parl*) एक प्रश्न के बाद उसी विषय से संबंधित अन्य प्रश्न, अनुप्रश्न, अतिरिक्त प्रश्न, अनुपूरक प्रश्न

suppliant सप्लिअन्ट *a* & *n* 1 नम्र, विनीत, 2 प्रार्थनासूचक, *n* विनीत प्रार्थी, नम्र निवेदक

supplicant सप्लिकन्ट *n* प्रार्थी, याचक, अभ्यर्थी

supplicate सप्लिकेट *vt* & *i* नम्र निवेदन करना, सविनय प्रार्थना या याचना करना [to ~ s.o. **to do** sth; to ~ (**for**) help, pardon, etc]; **supplication** *n* प्रार्थना, याचना, नम्र निवेदन, विनती; **supplicatory** *a* प्रार्थनासूचक, विनयपूर्ण

supplier सप्लाइअर *n* माल देने वाला, प्रदायक, संभरक

supply^1 सप्लाइ *vt* 1 (जरूरत की चीज) देना, भेजना, पहुंचाना, संभरण करना, मुहैया करना [to ~ food, fuel, etc], 2 (किसी को चीज) देना [to ~ s.o. with sth; to ~ sth to s.o.], 3 (कमी, त्रुटि, जरूरत, घाटा आदि) पूरा करना, की पूर्ति करना [to ~ an omission, a need, a deficit], 4 (स्थानापन्न के रूप में जगह) भरना [to ~ a vacancy etc]

supply^2 *n* & *a* 1 (जरूरत की चीज़ों का) प्रदान, प्रदाय, संभरण, आपूर्ति [S~ Department], 2 भंडार, संग्रह [a large ~ of foodstuffs], 3 (जरूरत की) वस्तु, चीज़, माल, सामान [to get a fresh ~ of sth]; (माल की) सुलभ मात्रा, **in short ~** थोड़ी मात्रा में सुलभ, दुर्लभ, **~ and demand** वस्तु की सुलभ मात्रा और उसकी मांग, सुलभता और मांग, 4 (in *pl*) **supplies** (नगर या सेना आदि के लिए) रसद तथा अन्य माल-सामान, **~ base** रसद का अड्डा, 5 *colloq* स्थानापन्न व्यक्ति (वि० अध्यापक) [to arrange for a ~], *a* देने वाला, संभरण या पूर्ति करने वाला, ~ officer आपूर्ति या संभरण अधिकारी

support^1 सपॉर्ट *vt* 1 अपने ऊपर भार लेना, टेक देना, टिकाये रखना, सहारा देना, थामना, संभालना [The pillars ~ the roof], 2 (व्यक्ति को) सहारा देना, बल देना, हिम्मत या साहस या उत्साह देना [your approval ~ed me], 3 सहना, सहारना, बरदाश्त करना [I cannot ~ such insolence], 4 पालना, भरण-पोषण करना, रोटी-कपड़े का प्रबन्ध करना, निर्वाह चलाना [to ~ a family]; **to ~ oneself** अपने पैरों पर खड़ा होना; स्वयं अपनी जीविका कमाना, 5 समर्थन करना [to ~ a cause, policy, resolution, etc], 6 पुष्टि करना, के पक्ष में प्रमाण देना [to ~ a theory, statement, etc], 7 धन आदि से सहायता करना [to ~ an institution]

support^2 *n* 1 सहारा, टेक, खंभा, थूनी, 2 सहायता, मदद, **~ price** किसानों की मदद के विचार से सरकार द्वारा उन्हें दिया जाने वाला मूल्य, इमदादी मूल्य, 3 आश्रय, सहारा [the ~ of his old age], 4 समर्थन [to give ~ to the proposal; to speak **in ~ of** the proposal]; **moral ~** नैतिक समर्थन (see moral), 5 पुष्टि [documents **in ~ of** an allegation]; 6 *theatr* गौण या सहायक अभिनेता

supportable स-पॉर्ट-बल *a* 1 सह्य, 2 पालन करने योग्य, पालनीय

supporter स-पॉर्टर *n* 1 (विचार या व्यक्ति का) समर्थक, (व्यक्ति का) हिमायती, पक्षपोषक, 2 टेक, थूनी

supporting सपॉर्टिङ्ग *a* 1 सहारा देने वाला, थामने वाला, 2 **~ actor** गौण या सहायक अभिनेता

suppose स-पोज़ *vt* 1 मान लेना, कल्पना करना, फ़र्ज़ करना, (in *imperat* or *part*) Suppose you are right, supposing (that) you are right; 2 सोचना, ख़्याल करना, (संभव) मानना, समझना [I ~ he will come back]; 3 (in *pass*) का कर्तव्य होना, से अपेक्षित होना [He is ~d to clean the shoes]; **not be ~d to** (i) कर्तव्य न होना, (ii) की इजाज़त या अनुमति न होना [You are not ~d to make a noise here], 4 (of theory, result) अपेक्षा करना, के लिए आवश्यक होना [Creation ~s a creator], (in *pp*) **~d** *a* कल्पित, माना हुआ, तथाकथित [the ~d culprit]

supposition सप-ज़िशन *n* 1 धारणा, कल्पना, परिकल्पना, 2 अनुमान, अटकल, ख़्याल; **~al** *a* आनुमानिक, कल्पनात्मक

suppositious सप-ज़िशस *a* काल्पनिक, फ़र्ज़ी

supposititious सपोॅज़ि-टिशस *a* 1 नकली, जाली, अप्रामाणिक [~ manuscript, will], 2 असली के स्थान पर रखा हुआ, प्रतिस्थापित [~ child]

suppository स-पोॅज़िटरि *n* (गुदा आदि में रखी जाने वाली) बत्ती, वर्ति, वर्तिका

suppress स-प्रेॅस *vt* 1 दबाना, दमन करना, कुचल देना [to ~ a revolt; to ~ agitators], 2 समाप्त करना, उन्मूलन करना [to ~ a social evil], 3 रोकना, दबाना [to ~ a desire, one's feelings, a yawn]; 4 प्रकट न होने देना, पता न लगने देना, छिपाना [to ~ a fact], 5 छपने न देना, प्रतिबन्ध लगाना; ज़ब्त करना [to ~ a book, newspaper, etc]; ~ed *a* दबा हुआ, निरुद्ध [~ed anger, measles, etc]; in a ~ed voice दबी ज़ुबान से

suppression स-प्रेॅशन *n* 1 दमन, 2 उन्मूलन, 3 छिपाना, दबाना, गोपन [~ of facts], 4 ज़ब्ती [~ of a book]

supperssio veri L स-प्रेॅसिओ विअराइ *n* तथ्य या सत्य को छिपाना, बताने योग्य बात का न बताना, सत्य का गोपन, तथ्यगोपन

suppressor स-प्रेॅसर *n* 1 दमनकर्ता; 2 *electr* गड़बड़ रोकने का उपकरण, निरोधक

suppurate सप्युरेट *vi* पीप पड़ना; **suppuration** *n* 1 पूयन, पूयता, 2 पीप

supra^1 L सूप्र: *adv* (in referring to parts of a text) ऊपर, पहले

supra^2 *pref* 1 ऊपर, उपरि, अधि, 2 से परे, अतीत; ~**liminal** चेतना में न आ सकने वाला, चेतनातीत; ~**mundane** *a* (i) पृथ्वी के ऊपर का, (ii) लोकोत्तर, अलौकिक; ~**national** राष्ट्र या राष्ट्रों के ऊपर, अधिराष्ट्रीय [a ~national authority]; ~**renal** गुर्दे के ऊपर का, अधिवृक्क

supremacy सु-प्रेॅमसि *n* 1 सर्वोच्चता, सर्वश्रेष्ठता, प्रधानता, प्राधान्य, 2 प्रभुता, प्रभुत्व, आधिपत्य

supreme सु-प्रीम *a* 1 सबसे बड़ा, सर्वोच्च, सर्वोपरि, उच्चतम, परम, **S~ Court** उच्चतम न्यायालय, **the S~ (Being)** परमात्मा, परमेश्वर; **S~ Pontiff** पोप; **S~ Commander** सर्वोच्च सेनापति; 2 सर्वोत्तम, परम, ~ end परम उद्देश्य; ~ good परम कल्याण, ~ happiness परम सुख, 3 बहुत अधिक, अतिशय, बड़ा भारी, परम [~ wisdom, courage, effort], 4 सब से महत्त्वपूर्ण [the ~ hour, moment, etc]; 5 **to reign ~** (i) सब के ऊपर शासन करना, सर्वोच्च शासक होना, (ii) सब से प्रबल होना, खूब फैला हुआ या प्रचलित होना; to make the ~ sacrifice प्राणों की आहुति देना; ~**ly** *adv* अत्यन्त

sur- सर *pref* =super *q.v.*

surcharge सर्चार्ज *n* & *vt* 1 अतिरिक्त भार, अधिभार, अधिप्रभार, 2 बहुत अधिक भरी गई बिजली या शक्ति, बिजली आदि की ज़रूरत से अधिकता [~ of electricity, force, etc], 3 अतिरिक्त कर, अधिकर, 4 अधिशुल्क, 5 डाक-टिकट का मुद्रित मूल्य बढ़ाने के लिए उस पर लगाया गया ठप्पा; अधिमूल्य, *vt* 1 अधिक भार डालना, 2 बहुत अधिक बिजली आदि भरना; The atmosphere was ~d with emotion वहां अत्यधिक आवेश या उत्तेजना का वातावरण था; लोग आपे से बाहर हो रहे थे, 3 (व्यक्ति पर) अधिकर लगाना, 4 अधिमूल्य लगाना या लेना, (पत्र आदि पर) अधिशुल्क लगाना, 5 डाक-टिकट का मूल्य बढ़ाना

surcingle सर्सिंगल *n* 1 (घोड़े पर लदा भार आदि जकड़ने के लिए) पट्टा, पेटी, बालातंग, 2 (चोग़े की) पेटी, कमरबंद

surcoat सर्कोट *n* (बख़्तर के ऊपर पहनने का) चोग़ा, लबादा

surd सर्ड *a* & *n* 1 *math* अपरिमेय (संख्या), करणी(-गत राशि), 2 *phonet* अघोष (वर्ण) (*e.g.* f, k, p, s, t)

sure शुअर *a* & *adv* 1 जिसे विश्वास या निश्चय हो [I am ~ of success], 2 निश्चित, अवश्यंभावी, पक्का, शर्तिया [My success is ~], 3 विश्वसनीय, विश्वस्त [Send it by a ~ hand], 4 निरापद, सुरक्षित [Put it in a ~ place]; 5 अचूक, अमोघ [a ~ remedy]; **a ~ card** अवश्य सफल होने वाली योजना या उपाय आदि, अचूक उपाय, अमोघ बाण, **a ~ shot** पक्का निशानेबाज़, 6 **to make ~** किसी बात की सत्यता का पता लगाना, सन्देह मिटाना; पक्का या निश्चित कर लेना, **to make ~ of sth** प्रबन्ध करना कि कोई बात अवश्य (घटित) हो, निश्चित बनाना, 7 *comb*: ~-**footed** (i) जिसका पांव जम कर पड़े, न फिसलने या लड़खड़ाने वाला, (ii) ग़लती न करने वाला, न चूकने वाला; अचूक; *adv* **sure enough** 1 निश्चय ही, सचमुच [He will come ~ enough]; 2 *colloq* वस्तुतः, वास्तव में, सचमुच [It was ~ cold]; **surely** शुअर्लि *adv* निश्चय ही, निःसन्देह; अवश्य; हां ['May I use your telephone?' 'Surely']

sureness शुअर्निस *n* 1 दृढ़ता, पक्कापन [~ of hand, foot], 2 निश्चितता, अवश्यंभाविता

surety शुअर्टि *n* 1 ज़मानत देने वाला, ज़मानतदार, ज़ामिन, प्रतिभू, **to stand ~ for s.o.** किसी की ज़मानत देना, 2 ज़मानत, प्रतिभूति

surf सर्फ़ *n* 1 (समुद्रतट को छूने वाली) लहर, 2 समुद्र की झाग; 3 ~-**riding** तख़्तों पर बैठकर लहरों पर विहार करना, ऊर्मिविहार

surface^1 सर्फ़िस *n* & *a* 1 सतह, तल, पृष्ठ, पृष्ठदेश, धरातल, 2 समुद्रतल; ~ **mail** जहाज़ या गाड़ी से जाने वाली डाक, समुद्री डाक या स्थल-डाक (न कि हवाई डाक), सतही डाक, 3 बाह्य रूप, प्रकट रूप, ऊपरी रूप, **on the ~** everything was well देखने में तो सब ठीक था; **to come to the ~** (गुप्त रहने के बाद) ज्ञात होना, प्रकट होना, सामने आना, 4 *geom* सतह; फलक; *a* 1 सतही, ऊपरी, बाहरी [~ impressions], 2 बाह्य, प्रकट, दिखावटी, 3 धरातल का; *comb*: **~ craft** (समुद्र-तल पर चलने वाला जहाज (opp. submarine); **~ tension** (*phys*) (द्रव का) सतह-तनाव, पृष्ठ-तनाव, **~-water** भूमि की सतह पर जमा होकर बह जाने वाला जल, भूपृष्ठ-जल

surface² *vt & i* 1 (काग़ज़ आदि को) चमकाना, 2 (सड़क पर) तार-कोल आदि बिछाना, सड़क पक्की करना, ~d road पक्की सड़क, 3 (पनडुब्बी को) ऊपर लाना, 4 *vi* (पनडुब्बी का) समुद्र की सतह पर आना, ऊपर आना

surfeit¹ सर्फ़िट *n* 1 (वि० खाने-पीने की वस्तुओं की) बहुतायत, अत्यधिक मात्रा, 2 (अतिभोजन से होने वाली) अतितृप्ति, अघाव; अफराव; to have a ~ of rice-pudding बहुत अधिक खीर खा कर बे-आराम होना; (*fig*) **to have a ~** of advice ज़रूरत से अधिक नसीहत या उपदेश मिलना

surfeit² *vt & i* अतिभोजन कराना या करना, छकाना या छकना, अघाना या अघा देना, अतितृप्त करना या होना, उबा देना या ऊब जाना [to ~ s.o. *or* oneself **with** sth]

surge सर्ज *vi & n* 1 (of sea) लहरें मारना, ठाठें मारना, 2 (of water, standing corn) लहराना, 3 उमड़ना, The crowd surged forward उमड़ती हुई भीड़ आग बढ़ी, 4 (of feeling) उमड़ना, 5 (of wheel) बिना आगे बढ़े घूम जाना, 6 *naut* (of cable, chain) झटके से पीछे सरकना, *n* 1 लहर, तरंग, हिलोर, ऊर्मि; बड़ी लहर, महोर्मि, 2 प्रवाह, बाढ़, 3 *fig* उफान, आवेग, आवेश, लहर [a ~ of anger]

surgeon सर्जन *n* 1 शल्यचिकित्सक, जर्राह, सर्जन, **house-~** अस्पताल में रहने वाला सर्जन, आवासी सर्जन, 2 *mil* चिकित्सक, डाक्टर

surgery सर्जरि *n* 1 शल्यचिकित्सा, शल्यकर्म, जर्राही, 2 शल्यशास्त्र, शल्यविद्या, 3 शल्यकक्ष, 4 डाक्टर का कमरा

surgical सर्जिकल *a* 1 शल्यचिकित्सकों का, शल्यसंबंधी, शल्योपयोगी; शल्य- [~ instrument, operation], 2 शल्य के दोष से होने वाला, शल्यकृत [~ fever]

surliness सर्लिनिस *n* 1 अशिष्टता, बदतमीज़ी, 2 चिड़चिड़ापन; **surly** सर्लि *a* 1 अशिष्ट, बदतमीज़, उजड्ड, 2 रूखा, चिढ़ा हुआ, चिड़चिड़ा, बदतमीज़

surmise सर्-माइज़ *n & vt & i* 1 अटकल, अनुमान, अन्दाज़ा, 2 यह अपुष्ट विचार कि कोई बात यों (हुई) है, शंका, शक, शुबहा, *vt & i* अटकल या अनुमान लगाना; शक करना, भांपना, ताडना

surmount सर्-माउन्ट *vt* 1 के ऊपर होना, आच्छादित करना [peaks ~ed **with snow**], 2 (बाधा, कठिनाई आदि) पार करना, पर विजय पाना [to ~ an obstacle, a difficulty]

surname सर्नेम *n & vt* 1 कुल-नाम, गोत्र-नाम, अल्ल; (ईसाई परिवार का) उपनाम (see Christian name), 2 उपाधिनाम, उपनाम; *vt* उपनाम रखना या देना

surpass सर्-पास *vt* 1 (किसी से) बाज़ी ले जाना, (किसी को) मात करना, 2 से ज्यादा अच्छा या बढ़ कर होना, 3 से बढ़ जाना, से अधिक होना [The result ~ed my expectations]; **~ing** *a* अद्वितीय, अनुपम [~ing beauty]; **~ingly** *adv* अत्यन्त

surplice सर्प्लिस *n* पादरी के चोग़े के ऊपर का पहनावा, उत्तरीय

surplus सर्प्लस *n* 1 जो बच रहे, शेष, बचत; जितना आवश्यकता से अधिक हो, बेशी, अतिरिक्त, फ़ालतू; **~ stock** बचा-खुचा माल, 2 आय की व्यय से अधिकता (opp. deficit); **~ budget** बजट जिसमें व्यय से आय अधिक हो, बचत का बजट

surprisal सर्-प्राइज़ल *n* 1 अचानक पकड़ना या पकड़ा जाना, 2 आकस्मिक घटना

surprise¹ सर्-प्राइज़ *n* 1 आकस्मिक या अप्रत्याशित घटना, **to take s.o. by ~** किसी को अचानक जा पकड़ना; *attrib* अप्रत्याशित, बिना पूर्व सूचना का, **a ~ attack** आकस्मिक हमला; **a ~ visit** बिना पहले बताये आ पहुंचना, अप्रत्याशित आगमन, 2 आश्चर्य, विस्मय, अचंभा, हैरानी, ताज्जुब, **to my great ~** इससे मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ कि, **~ package, packet** ऐसा पार्सल या पैकिट जिसमें से कोई अप्रत्याशित चीज़ निकले, 3 आश्चर्य की बात या घटना [It was a great ~ to me]

surprise² *vt* 1 अचानक जा पकड़ना, अचानक हमला करना, 2 (किसी के यहां) अचानक आ या जा पहुंचना, 3 आश्चर्यचकित करना, विस्मित करना [I was ~d **at the** news, ~d **to hear the** news]; **surprising** *a* आश्चर्यजनक, विचित्र, अजीब

surrealism सर्-रीअलिज़म *n* कला या साहित्य में अवचेतन मन की भावनाओं को स्वप्न आदि द्वारा प्रदर्शित या व्यक्त करना, अतियथार्थवाद; **surrealist** *n* अतियथार्थवादी

surrender¹ स-रेंन्डर *vt & i* 1 (दबाव में आकर) हवाले कर देना [to ~ a fortress], 2 (of fortress, army, etc) आत्मसमर्पण करना, हथियार डाल देना, 3 (अधिकार आदि) छोड़ना, त्यागना [to ~ one's privilege, office, etc; to ~ all hope]; 4 **to ~ an insurance policy** कुछ रकम लेकर पालिसी लौटा देना, 5 (*vi*) **to ~ to one's bail** (ज़मानत पर रिहा रहने के बाद) नियत तिथि को अदालत में हाज़िर हो जाना, 6 के वशीभूत होना [to ~ (oneself) to a habit], से अभिभूत होना [to ~ to an emotion]

surrender^2 *n* 1 (किले का शत्रु को) समर्पण, अभ्यर्पण, 2 (सेना का) आत्मसमर्पण, 3 (अधिकार आदि का) परित्याग, 4 ~ **value** (of insurance policy) पालिसी लौटाने वाले को दी जाने वाली रकम, अभ्यर्पण मूल्य

surreptitious सरप्-टिशस *a* गुप्त, प्रच्छन्न, लुका-छिपा, चोरी-छिपे किया हुआ; ~**ly** *adv* गुप्त रूप से, लुक-छिप कर

surround स-राउन्ड *vt* 1 घेरना, चारों ओर से घेर लेना, ~**ed by** *or* **with** से घिरा हुआ, 2 *mil* घेरा डालना, 3 चारों ओर या आस-पास (स्थित) होना, **the ~ing country** आस-पास का प्रदेश

surroundings स-राउन्डिङ्ग्स *n pl* आस-पास का प्रदेश या वातावरण, पास-पड़ोस, प्रतिवेश, परिवेश

surtax सर्टैक्स *n* & *vt* (नियत सीमा से अधिक की आय पर) आयकर के अलावा कर; अतिरिक्त कर या अतिकर या अधिकर (लगाना)

surveillance सर्-वेलन्स *n* (सन्दिग्ध व्यक्ति की) निगरानी, देख-रेख, निरीक्षण

survey^1 सर्-वे *vt* 1 (जगह या प्रदेश को) सरसरी दृष्टि से देखना, चारों तरफ़ नज़र दौड़ा कर देखना, पर्यवलोकन या पर्यवेक्षण करना, 2 पैमाइश करना, भूमापन करना, सर्वेक्षण करना; नक्शा बनाना, 3 (प्रश्न या स्थिति पर) अच्छी तरह विचार करना, जांच-पड़ताल करना, समीक्षा करना, 4 (वस्तु का) निरीक्षण करना [to ~ a building etc]

survey^2 *n* 1 पर्यवलोकन, पर्यवेक्षण, 2 पैमाइश, भूमापन, भूमिति, सर्वेक्षण, 3 सर्वेक्षण-विभाग [the **S**~ of India], 4 (सर्वेक्षण करके बनाया गया) नक्शा, 5 जांच-पडताल, समीक्षा; निरीक्षण

surveyor सर्-वेअर *n* 1 पैमाइश करने वाला, भूमापक, सर्वेक्षक, 2 निरीक्षक [~ of weights & measures]

survival सर्-वाइवल *n* 1 बच रहना, उत्तरजीविता, ~ **of the fittest** परिवेश-विशेष में रह सकने के योग्यतम (वनस्पति या प्राणी) का बच रहना, समर्थतम की जीविता, 2 पहले जमाने की बची हुई वस्तु या व्यक्ति, पुरावशेष, अवशेष; (*attrib*) ~ **kit** हवाई या समुद्री दुर्घटना में बचने वाले की (खाद्य आदि) सामग्री, उत्तरजीवी-सामग्री

survive सर्-वाइव *vt* & *i* 1 (किसी के बाद) जीवित रहना, उत्तरजीवी होना, 2 (दुर्घटना आदि के बावजूद) जीवित रहना, बच रहना [to ~ a shock], 3 *vi* (of custom etc) विद्यमान या प्रचलित रहना, बना रहना, 4 (of person) जीवित रहना

survivor सर्-वाइवर *n* उत्तरजीवी; (दुर्घटना आदि से) बचा हुआ व्यक्ति [~s of the disaster]; ~**ship** *n* उत्तरजीविता

susceptibility ससेॅप्टि-बिलिटि *n* 1 संभावना, ~ **to disease** रोगप्रवणता, 2 (in *pl*) वे बातें जिनके छेड़ने से व्यक्ति मर्माहत हो जाए; to wound s.o.'s susceptibilities भावनाओं को ठेस पहुंचाना, मर्माहत करना, magnetic ~ चुम्बक बनने की संभावना, चुम्बकीय प्रवृत्ति

susceptible स-सेॅप्टिबल *a* 1 *pred* हो सकने वाला, संभव, facts ~ **of proof** तथ्य जिन्हें प्रमाणित किया जा सके; sentence ~ **of another interpretation** वाक्य जिसकी दूसरी व्याख्या की जा सके, 2 ग्रहणशील; ~ **to a disease** जिसे रोग लगने की संभावना हो, रोगप्रवण, 3 शीघ्र प्रभावित होने वाला, अति प्रभाव्य [~ **to kindness**, female charms, etc], 4 *attrib* जल्दी नाराज़ होने वाला, असहनशील; चिड़चिड़ा, तुनकमिज़ाज; भावुक [a ~ person]

susceptive स-सेॅप्टिव *a* 1 प्रभावग्राही, ग्रहणशील, 2 = prec 4

suspect^1 सस्-पेॅक्ट *vt* 1 ख़याल करना या होना, अनुमान होना, लगना, प्रतीत होना [I ~ (that) he is a newcomer], 2 की आशंका या शक या सन्देह होना [to ~ danger, foul play], 3 पर सन्देह या शक करना [to ~ the correctness of the statement]; अपराधी समझना [to ~ s.o. **of** a crime etc]

suspect^2 सस्पेॅक्ट *pred a* & *n* 1 सन्दिग्ध, सन्देहास्पद, 2 विश्वास के अयोग्य [His intentions are ~], *n* सन्दिग्ध व्यक्ति [He is a political ~]

suspend सस्-पेॅन्ड *n* 1 लटकाना, टांगना, 2 कुछ समय के लिए रोक देना, स्थगित करना [to ~ proceedings, judgment], 3 कुछ समय के लिए अधिकार या पद से वंचित करना, मुअत्तल करना [to ~ an employee], निलंबित करना [He has been ~ed **from** his post as deputy leader], 4 कुछ समय के लिए रद्द करना [to ~ a licence], 5 (of company) **to ~ payment** देनदारी का भुगतान न कर पाना, दिवाला निकाल देना; ~**ed** *a* हवा या पानी के मध्य तल में तैरता हुआ, लटका हुआ [~ed particles], 6 ~**ed animation** मूर्च्छा, बेहोशी, निश्चेष्टता

suspender सस्-पेॅन्डर *n*. ~s (जुराब के) गेटिस; (पतलून के) गेलिस

suspense सस्-पेॅन्स् *n* अनिश्चय तथा उत्सुकता और प्रतीक्षा की चिन्तामय अवस्था; **to keep s.o. in ~** जिज्ञासित बात बताने में देर करना, अनिश्चय एवं प्रतीक्षा में रखना [Don't keep me in ~ any longer]; We waited in great ~ for the news हम बड़ी चिन्ता या उत्सुकता से समाचार की प्रतीक्षा कर रहे थे; ~ **account** उचन्त खाता, ~ story उत्सुकताजनक समाचार

suspension सस्-पेॅन्शन *n* 1 लटकना, झूलना, प्रलंबन; ~ **bridge** झूला-पुल, 2 स्थगन, आस्थगन, 3 मुअत्तली, निलंबन

suspensive सस्-पे॑न्सिव *a* 1 स्थगनकारी, निलंबनकारी, ~ **veto** स्थगन-वीटो, 2 अनिश्चय या असमंजस में डालने वाला

suspensory सस्-पे॑न्सरि *a* लटकाने वाला, जिससे कोई अंग लटका रहे, ~ ligament निलंबन-तंतु

suspicion सस्-पिशन *n* 1 संदेह, शक, शुबहा, **above** ~ जिस पर सन्देह न किया जा सके, सन्देहातीत; **under** ~ सन्दिग्ध, 2 तनिक मात्रा, गंधमात्र, पुट (=soupçon)

suspicious सस्-पिशस *a* 1 सन्देह करने वाला, 2 विश्वास न करने वाला, शक्की; **to be ~ of s.o.** किसी पर शक करना; संदेहजनक, संदिग्ध [under ~ cirumstances]; जिस पर शक किया जा सके, संदिग्ध [He is a ~ character]; **~ly** *adv* 1 सन्देह करते हुए, 2 सन्दिग्ध या सन्देहजनक ढंग से

sustain सस्-टेन *vt* 1 सहारा देना, संभालना, थामना, 2 पोषण करना [to ~ the body]; to ~ life जीवित रहना; **~ing food** पोषक आहार, 3 शक्ति देना, हिम्मत या उत्साह बढ़ाना, 4 सह लेना, बरदाश्त करना, सफलतापूर्वक सामना करना [to ~ the shock of an attack], 5 (दुःख, कष्ट, हानि आदि) उठाना, **to ~ a loss** हानि या नुक्सान उठाना, घाटा पड़ना; **to ~ a defeat** हार खाना, पराजित होना, **to ~ an injury** चोट खाना, चोट लगना; 6 (of court etc) स्वीकार करना, मानना, ठीक या वैध ठहराना [to ~ an objection], 7 समर्थन करना, पुष्टि करना, प्रमाणित करना [to ~ a statement, charge, theory, etc], 8 (नाटक में पार्ट) अच्छी तरह निभाना या अदा करना, भली भांति निर्वाह करना, 9 जारी रखना [to ~ an effort], बनाये रखना, in *pass* बना रहना [The interest is well ~ed], 10 *mus* लंबा करना [to ~ a note]; **~ed** *a* 1 (of attention, effort, sound, etc) निरन्तर, अनवरत, लगातार, 2 लंबा, बहुत देर तक रहने वाला [~ed applause], 3 **~ed metaphor** सांग रूपक

sustenance सस्टनन्स *n* (f. sustain) 1 निर्वाह, भरण-पोषण; **means of ~** निर्वाह का साधन, 2 पोषक गुण, पोषकत्व [There is no ~ in this food], 3 आहार, खुराक; 4 सहारा, निर्वाह-साधन

sutler सट्लर *n* (*hist*) (सैनिक शिविर के साथ-साथ चलने वाला) बनिया, मोदी

suture सूचर *n* & *vt* 1 (हड्डियों का) जोड़, संधि, संधिरेखा, 2 *surg* घाव के सिरों को परस्पर मिला कर सीना; सीवन, टांका; सीने का धागा या सूत्र या तार *vt* सीना, टांका लगाना, जोड़ना

suzerain सूज़रेन *n* 1 प्रधान जागीरदार, सामन्त, 2 आन्तरिक मामलों में स्वतन्त्र राज्यों का सर्वोपरि शासक (व्यक्ति या राष्ट्र), अधिराज, अधीश्वर;

suzerainty सूज़-रन्टि *n* अधिराजत्व

swab स्वॉ॑ब *n* & *vt* (-bb-) 1 (पानी सोख लेने वाला) झाड़न, 2 (*surg*) सोखने वाली गद्दी, (रूई का) फाहा, फुरेरी, 3 *sl* घृणित व्यक्ति, कमीना आदमी; *vt* 1 **to ~ down** (the decks etc) पानी से धोकर साफ़ करना, पुचारा लगाना या फेरना, 2 **to ~ up** (पानी या नमी) सोख लेना

swaddle स्वॉ॑डल *vt* 1 (बच्चे को) पट्टियों या मोटे कपड़ों से बांधना (ताकि हिल-जुल न सके) [to ~ s.o. with sth], 2 **swaddling-bands, -clothes** नन्हे बच्चों को बांधने की पट्टियां या कपड़े; *fig* विचार या काम की स्वतंत्रता सीमित करने वाली बातें, बन्धन

swag^1 स्वैग *n* 1 बन्दनवार, 2 (*sl*) लूट (का माल), 3 (राजनीतिक या अन्य क्षेत्र में) बेईमानी से कमाया हुआ नफ़ा; 4 (Austral) (यात्री, मज़दूर आदि की) पोटली, बंडल

swag^2 *vi* & *t* (-gg-) झूलना या झुलाना

swage स्वेज *n* & *vt* 1 (पिटवां लोहे को गढ़ने का) सांचा, ठप्पा, 2 (धातु को) मोड़ने का औज़ार, *vt* ठप्पे से गढ़ना

swagger स्वैगर *vi*, *n* & *a* 1 अकड़ कर चलना, बड़ी शान से चलना [to ~ **about, in, out**], 2 रोब जमाना, धौंस जमाना, 3 डींग हांकना, शेखी बघारना [to ~ **about sth**], *n* 1 गर्वीली चाल [to walk with a ~], 2 डींग, शेखी, गर्वोक्ति, 3 ऐंठ, उद्दण्डता, औधत्य, 4 **~-cane, ~-stick** (सैनिक की) छड़ी; *a* (*colloq*) फ़ैशनेबुल [~ clothes]; **~er** *n* अकड़बाज़, शेखीबाज़

swain स्वेन *n* 1 देहाती युवक, चरवाहा, 2 देहाती काव्य या संगीत आदि का प्रेमी, 3 *joc* प्रेमी

swallow^1 स्वॉ॑लो *vt* & *i* & *n* 1 निगलना, लीलना, कवलित करना, हड़प कर जाना; **to ~ the bait** लालच में आकर धोखा खाना, 2 अपने अन्दर ले लेना, लीन कर लेना, समा लेना [The earth ~ed up Sita], 3 झट विश्वास कर लेना [to ~ a story], 4 सह जाना, पी जाना [to ~ an affront], 5 **to ~ one's words** अपने शब्द वापस लेना, अपने कथन का प्रत्याख्यान करना, थूक कर चाटना, 6 *vi* थूक निगलना, *n* 1 गला, 2 निगलना, निगरण; एक बार में निगली हुई मात्रा, ग्रास, घूंट [to drink sth at one ~], 3 **~ (-hole)** चूने के पत्थर में कीप-जैसा छिद्र

swallow^2 *n* अबाबील; **One ~ does not make a summer** एक कोयल देखकर यह मत समझो कि वसन्त आ गया है; एक उदाहरण या तनिक सी बात से झट निष्कर्ष नहीं निकाल लेना चाहिए

swamp स्वॉ॑म्प *n* & *vt* दलदल, अनूप, धंसान; *vt* 1 दलदल में धंसना (usu in *p.p.*), 2 (of water) आप्लावित करना [to ~ a room, house, etc], (नाव को) पानी से भर देना, (चीज़ों

को) तरबतर कर देना; 3 (चीज़ों या काम के आधिक्य से) बेबस या लाचार या परेशान करना, अभिभूत करना, I am ~ed with *or* in **work** इतना अधिक काम है कि मैं संभाल या निपटा नहीं सकता, 4 (बड़ी संख्या या मात्रा का छोटी को) बे-असर करना, (छोटी संख्या का) पता ही न लगने देना, 5 (U.S.) बुरी तरह हराना; 6 *vi* दलदल में धँसना

swan स्वॉ॑न *n* 1 हंस, राजहंस, 2 *fig* कवि, the **S~ of Avon** शेक्सपियर; 3 ~-song हंस का मृत्युकालीन गीत, *fig* (कवि आदि की) अन्तिम कृति, कार्य, अभिनय आदि

swank स्वैङ्क *n* & *vi* (*colloq*) दिखावा, ठाट-बाट; शेखी; धौंस; ~**pot** शेखीबाज़ या अकड़बाज़ व्यक्ति; *vi* शेख़ी बघारना, शान दिखलाना; ~**y** *a* शानदार; अकड़बाज़, गर्वीला

swap स्वॉ॑प (see swop)

sward स्वॉड *n* छोटी-छोटी घास से ढकी भूमि, घास का मैदान, शाद्वल

swarm^1 स्वॉर्म *n* & *vi* 1 (पतंगों, पक्षियों, छोटे जन्तुओं आदि का) झुंड, 2 in *pl* (लोगों की) भीड़, समूह, दल, दल के दल, (सितारों का) पुंज [~s of people, stars, etc], 3 (छत्ता छोड़कर जाती हुई) मधुमक्खियों का झुंड, *vi* 1 झुंड बना कर घूमना, भीड़-भाड़ करना [to ~ **about** *or* **round** a place, person, etc], 2 बड़ी संख्या में (एकत्र) होना, उमड़ पड़ना, 3 (of bees) छत्ता छोड़ कर झुंड बना कर जाना, 4 (of places) पर या में भीड़-भाड़ होना, रेल-पेल होना, से भरा होना [The road, house, is ~ing **with** people]

swarm^2 *vt* & *i* (हाथों और घुटनों से मज़बूती से पकड़ कर) चढ़ना [to ~ (**up**) a rope, pole, tree]

swarthy स्वॉर्दि *a* साँवला, श्यामल

swash स्वॉ॑श *vi* & *n* 1 (of water etc) ऊपर उठना और गिरना, लहराना, हिलोरें लेना, 2 छप-छपाना, *n* 1 लहर की-सी गति, 2 छप-छप का शब्द, कलकल ध्वनि; ~**buckler** (*arch*) *n* 1 शेख़ीबाज़, 2 धौंस जमाने वाला, दबंग व्यक्ति, गुंडा; ~**buckling** (*arch*) *n* & *a* शेख़ी (बघारने वाला), डींग (हांकने वाला)

swastika स्वॉ॑स्टिकः *n* सौभाग्य का प्राचीन प्रतीक; जर्मनी के नाज़ियों का प्रतीक, स्वस्तिक

swat स्वॉ॑ट *vt* (-tt-) ज़ोर से प्रहार करना, कुचलना, मारना [to ~ a fly etc]

swath स्वॉ॑थ *n* 1 काट कर रखी फ़सल या घास की कतार, 2 फ़सल काटने से साफ़ हुआ हुआ रास्ता, 3 चौड़ी पट्टी; **to cut a wide ~** (*fig*) खूब सफ़ाया करना, बहुत विनाश करना

swathe स्वेद *vt* 1 पट्टियां बांधना [His leg is ~ed in bandages]; 2 गरम कपड़ों में लपेटना; *n* पट्टी; (लपेटने का) कपड़ा

swatter स्वॉ॑टर *n* (f. swat) मक्खी मारने की पट्टी, मक्खीमार

sway^1 स्वे *vi* & *t* 1 डोलना, झूलना [trees ~ in the wind], (of drunkard) डगमगाना, लड़खड़ाना, (of balance) एक ओर को झुकना, 2 निश्चय न कर पाना, डांवांडोल होना, 3 *vt* डुलाना, झुलाना [The wind ~s trees], 4 एक ओर को झुकाना, 5 (व्यक्ति या उसके मन को) प्रभावित करना, का मन जीत लेना [His speech swayed the voters], 6 विचलित करना [to ~ s.o. **from** his course], 7 हाथ में उठाये रखना और प्रयोग करना, संभालना, to ~ the sceptre शासन करना

sway^2 *n* 1 झुलाव, दोलन, 2 प्रभाव, 3 नियन्त्रण, काबू, वश [to bring people under one's ~], 4 प्रभुत्व, शासन [to hold ~ over the people]

swear स्वे॑अर *vt* & *i* (swore, sworn) 1 शपथ खा कर कहना [I ~ (that) I heard cries]; 2 की शपथ खा कर कहना [to ~ sth on the Bible etc], 3 की शपथ खाना, सौगंध खाना [to ~ fidelity; to ~ **to** do sth], 4 *vt* शपथ दिलाना [to ~ a witness]; **to ~ s.o. in** पद की शपथ दिलाना [Ten members of the Cabinet were sworn in]; **to ~ s.o. to secrecy** गोपनीयता की शपथ दिलाना, 5 (with *prepp*) to ~ **at** s.o. कोसना, निन्दा करना, शाप देना; to ~ **by** (*colloq*) की शपथ खाना [to ~ **by** God]; में आस्था या विश्वास रखना, का दम भरना; to ~ **off** (drink etc) शराब आदि छोड़ने की कसम खाना, to ~ **to** sth शपथपूर्वक कहना या पुष्टि करना [I ~ to it that I heard cries; I ~ to having heard cries]; 6 **sworn enemies** जानी दुश्मन, **sworn friends** घनिष्ठ मित्र; **sworn evidence** सशपथ गवाही, 7 **swearing-in** शपथग्रहण

sweat^1 स्वे॑ट *n* 1 पसीना, स्वेद; to be in a ~, (*colloq*) to be all of a ~ पसीने से तर होना, पसीने-पसीने होना, (also see 2); **by the ~ of one's brow** *or* **face** पसीना बहा कर, कड़ी मेहनत कर के, घोर परिश्रम से, 2 *colloq* चिन्ता, बेचैनी, डर, घबराहट [**to be in a ~, to be all of a ~**], 3 कठोर परिश्रम या काम, पसीना लाने वाला व्यायाम [it is a horrid ~], 4 (बरतन आदि के बाहर) नमी की बूंदें, 5 ~-**gland** स्वेदग्रन्थि

sweat^2 *vi* & *t* 1 पसीना आना या निकलना, पसीना बहना, 2 *fig* कष्ट उठाना, दुःख भोगना, पश्चात्ताप करना [He shall ~ for it], **to ~ it out** अन्त तक सहन करना; 3 (of wall) के बाहर नमी आ जाना, 4 कठोर परिश्रम करना, 5 (of workers) थोड़ी मजदूरी पर बहुत काम करना,

शोषित होना (see also 8), 6 *vt* (दौड़ या व्यायाम द्वारा) किसी का पसीना निकालना [to ~ a horse, an athlete]; 7 **to ~ blood** (*fig*) (i) कठोर परिश्रम करना, (ii) बहुत चिन्तित होना, 8 थोड़ी मजदूरी देकर बहुत काम लेना, खून चूसना, शोषण करना [to ~ one's workers]

sweated स्वॆ'टिड *a* 1 शोषित [~ worker], 2 श्रमिकों का शोषण करके निर्मित [~ clothes]; **~ trades** अतिशोषक धंधे

sweater स्वॆ'टर *n* 1 स्वेटर, 2 (मजदूरों का) शोषण करने वाला, शोषक

Swedish स्वीडिश *a* & *n* स्वीडन का, स्वीडन-निवासियों का, *n* स्वीडन की भाषा

sweep^1 स्वीप *vt* & *i* (swept) 1 झाड़ू देना, बुहारना [to ~ the carpet, floor, room, etc]; कालिख उतारना, साफ़ करना [to ~ a chimney]; to ~ a channel नहर के तल से कीचड़ निकालना, नहर साफ़ करना, 2 बुहार कर इकट्ठा करना [to ~ up the dust]; (बुहार कर) हटाना [to ~ away the snow]; **to ~ the board** (दाँव पर लगा) सारा रुपया समेट लेना या जीत लेना; *fig* सारे इनाम जीत लेना; **to ~ everything into one's net** जो आये सब समेट लेना; **to ~ a constituency** चुनावक्षेत्र के लगभग सारे वोट प्राप्त कर लेना; **to ~ the seas** समुद्र से अपने शत्रुओं को मार भगाना (also see 8), 3 बहा ले जाना [the swollen Brahmaputra swept away the bridge]; **to be swept off one's feet** (भावना आदि के) प्रवाह में बह जाना, 4 एकाएक उन्मूलन करना [to ~ **away** slavery], 5 ख़तम करना [The plague swept off thousands], 6 अत्यन्त प्रभावित करना, मन्त्रमुग्ध करना [He swept his audience along with him], 7 (of artillery etc) गोलाबारी से पूरा सफ़ाया कर देना, 8 तेज़ी से सब तरफ़ फिरना या फैल जाना [The epidemic is ~ing the countryside]; 9 चारों ओर नज़र दौड़ाना [to ~ the horizon], 10 *vi* तेज़ी से चलना [The wind ~s along]; तेज़ी से पास से गुज़र जाना [to ~ by, past]; 11 शान से आना या जाना या चलना [The princess swept out of the hall]; 12 फैला हुआ होना [The plain ~s away to the sea]

sweep^2 *n* 1 झाड़-बुहार, सफ़ाई [Give it a thorough ~], 2 **to make a clean ~ of sth** (i) अनावश्यक या बेकार वस्तु आदि को हटा देना [The new boss made a clean ~ of the staff, old furniture, etc]; (ii) दाँव पर लगा सारा रुपया समेट लेना, 3 घुमाव; with a ~ of his arm एक ही बार बाँह घुमाते हुए; with a ~ of his eye एक दम चारों ओर दृष्टि दौड़ते हुए; 4 (सड़क, नदी का) घुमाव, मोड़, 5 (घूमने या चारों ओर जाने वाली चीज़ की) पहुंच, मार, घेरा, दायरा, क्षेत्र, सीमा [within the ~ of the scythe, guns, net, eye etc], 5 फैलाव, विस्तार, विशाल प्रदेश या मैदान [a fine ~ of grass], 6 *naut* सुरंगें हटाने का उपकरण, ड्रेज (dredge); 7 (**chimney-**)~ चिमनी साफ़ करने वाला मेहतर; **~stake(s)** घुड़दौड़ का जूआ; घुड़दौड़ का इनाम

sweeper स्वीपर *n* 1 भंगी, मेहतर, सफ़ाई-कर्मचारी, 2 सफ़ाई (करने का)-यन्त्र, सम्मार्जक [mine-~]

sweeping स्वीपिङ्ग *a* 1 अतिव्यापक, अपवादों की उपेक्षा करने वाला [~ statement, generalization], 2 आमूल-चूल [~ changes], 3 पूर्ण [~ reform]

sweet^1 स्वीट *a* 1 मीठा, मधुर [it tastes ~]; चीनी-जैसा, चीनी-मिला, My tea is (too) ~ मेरी चाय में चीनी (बहुत) ज्यादा है; **to have a ~ tooth** मीठी चीजों का शौक या चस्का होना; 2 जो खारा या कड़वा आदि न हो, ~ **water** पीने लायक पानी, मीठा पानी, 3 (of sound) मधुर, श्रुतिमधुर, सुरीला, मीठा, 4 सुगंधित, सुवासित [to smell ~], 5 अच्छा, प्रिय, सौम्य, ~ temper सौम्य स्वभाव, सौजन्य, मिलनसारी; ~ face सुन्दर मुखड़ा; (*colloq*) **That's very ~ of you** आपने बड़ी अच्छी बात की, बड़ी कृपा की; 6 (*colloq*) **to be ~ on** s.o., sth किसी पर आसक्त या मोहित होना, किसी चीज़ का बड़ा चाव होना, 7 **at one's own ~ will** स्वेच्छा से, जैसा (अपना) जी चाहे या जब जी चाहे, 8 *comb*: **sweetheart** प्रिय, प्रेमी, प्रिया, प्रेमिका; **sweetmeat** मिठाई, मिष्टान्न; ~ **potato** शकरकन्द; **~-shop** मिठाई की दुकान: ~ stuff मिठाइयां; 9 **~ness** *n* 1 मीठापन, मिठास, मधुरता; माधुर्य; मधुरिमा, माधुरी, 2 सौम्यता, सौजन्य

sweet^2 *n* 1 मिठाई, मिष्टान्न; (usu in *pl*) मीठी चीज़, हलुआ, फ़िरनी, जेली आदि, 2 सुख, **the ~ and the bitter** (*or* **~s and bitters**) **of life** जीवन का सुख-दु:ख, 3 (in *pl*) ख़ुशी, आनन्द, मज़ा, मज़े [the ~s of office, success], 4 (esp in *voc*) प्रिय!, प्रिये!

sweeten स्वीटन *vt* & *i* मीठा या मधुर या प्रिय बनाना या बन जाना

sweetie स्वीटि *n* (*colloq*) 1 मिठाई; 2 प्रियतम, प्रियतमा

swell^1 स्वॆ'ल *vi* & *t* (*pt* ~ed, *pp* ~ed *or* swollen) 1 सूजना, सुजाना [eyes swollen with tears], 2 (गुब्बारे की तरह) फूलना या फुलाना [The sails are ~ing], 3 फैलना, उमड़ना; The river is swollen (with melted snow) नदी चढ़ी हुई है; 4 बढ़ना, बढ़ना [The crowd, debt, expenditure, is ~ing], 5 (of sound) बढ़ना, ऊंचा या तेज़ होना [The murmur swells into a roar], 6 आस-पास की सतह से ऊँचा होना, उठना, उभरना, उभारना [The ground swells into an eminence], 7 (of emotion) उठना, उमड़ना [Hate ~ed up within him], 8 to ~ **with importance**, pride, etc फूल कर कुप्पा होना, फूला न समाना; to ~ **with** indignation क्रोध के मारे आपे से बाहर हो जाना; **to ~ like a turkey-cock** शेख़ी बघारना, धौंस जमाना; **to have a swollen head** (*sl*) घमंडी या अभिमानी होना

swell^{2} *n* & *a* **1** सूजन, शोथ, **2** फुलाव, **3** बढ़ती, वृद्धि, **4** उभार, चढ़ाव [~ of the ground], **5** बड़ी लहर [~ of the sea]; **6** *colloq* लब्धप्रतिष्ठ व्यक्ति, बड़ा आदमी; निपुण व्यक्ति, विद्वान्, पंडित; अभिजात व्यक्ति; बांका; *a*. (*colloq*) **1** लब्धप्रतिष्ठ; बड़े ठाट का, ठाटदार, **2** फ़ैशनेबुल [~ clothes]

swelling स्वे`लिङ्ग *n* **1** सूजन, शोथ; **2** फुलाव, **3** बढ़ती, वृद्धि, **4** उभार, **5** (नदी का) चढ़ना, बाढ़

swelter स्वे`ल्टर *vi* & *n* **1** (of weather) उमसदार होना, उमस होना, औंसना, it was a ~ing hot day उस दिन बड़ी उमस थी, **2** (of person) उमस से परेशान होना, गर्मी से निढाल होना, पसीने से तर-बतर होना; *n* **1** उमस [in the ~ of the Indian plains], **2** to be in a ~ गर्मी से परेशान होना, पसीने से तर-बतर होना; **~ing** *a* **1** पसीने से तर-बतर [~ing horses], **2** **~ing heat** उमस; **~ing weather** उमसदार मौसम

swerve स्वर्व *vi* & *n* **1** (पथ, कर्तव्य से) विचलित होना [He never ~s an inch **from** the path, **from** his duty]; **2** एकाएक मार्ग बदलना, इधर-उधर होना [The car ~d and hit a pedestrian], घूमना, चक्कर काटना [the bird, ball, ~s in the air], **3** (of footballer) एकदम घूम जाना; *n* विचलन; मार्ग-परिवर्तन

swift स्विफ़्ट *a* **1** तेज़, द्रुत, तीव्र, तीव्रगामी [~ runner, horse], **2** शीघ्र, अविलम्ब, तुरत, **3** चुस्त, फुर्तीला, तत्पर, मुस्तैद; to be ~ to hear झट सुन लेना, to be ~ to anger झट नाराज़ हो जाना; has a ~ wit व्युत्पन्नमति या हाज़िर-जवाब है; *n* **1** अबाबील से मिलता-जुलता तीव्रगामी पक्षी-विशेष, **2** द्रुतगामी छोटी छिपकली, **3** अटेरन; **~ly** *adv* तेज़ी से, फुर्ती से; अविलम्ब, तुरन्त; **~ness** *a* शीघ्रता; शीघ्र गति, शीघ्रगामिता

swig स्विग *n* & *vt* & *i* (-gg-) (*colloq*) (शराब का) बड़ा घूंट; *vt* & *i* बड़े-बड़े घूंट पीना, गटागट पीना

swill स्विल *vt* & *i* & *n* **1** बहुत-सा पानी डाल कर धोना [to ~ the floor]; **2** (बर्तन) खंगालना, **3** गटकना; *n* **1** घटिया शराब, **2** सूअरों का बहुत पतला खाना

swim स्विम *vi* & *t* (-mm-, swam, swum, swimming) & *n* **1** तैरना, पैरना, to ~ across a river तैर कर नदी पार करना, (also see 6), **2** **to ~ with the tide** *or* **stream** बहाव के साथ बहना, *fig* वही करना जो अधिकांश लोग करते हों, दुनिया के साथ चलना, **3** तिरना, तैरना, उतराना [meat ~ming in gravy], **4** (सिर) चकराना [My head is ~ming], (सिर चकराने के कारण चीज़ों का घूमता दिखाई देना [Everything swam before his eyes], **5** नमी या तरी से भरा होना, **6** *vt* तैर कर (नदी) पार करना, (दूरी) तै करना [to ~ a river, fifty metres], **7** तैराना [to ~ a horse, dog, etc]; *n* **1** तैराई, **to have a ~** थोड़ी देर तैर लेना, **2** **to be in the ~** हालात की ख़बर रखना; सरगर्मियों में हिस्सा लेना; **to be out of the ~** हालात से अवगत न होना; सरगर्मियों में भाग न लेना; **~mer** *n* तैराक, पैराक

swimming स्विमिङ्ग *n* **1** तैराई, तैराकी, **~-pool** तरण-ताल; **2** ~ of the head सिर चकराना, घुमड़ी, घुमटा; **~ly** *adv* आसानी से, निर्बाध गति से [Everything is going on ~ly]

swindle स्विन्डल *vt* & *i* & *n* **1** ठगना [to ~ s.o.], ऐंठना, झंसना [to ~ s.o. out of money; to ~ money out of s.o.], *n* **1** धोखा, ठगी, बेईमानी, छल, कपट, **2** ढोंग, ढोंगी व्यक्ति; **~r** *n* ठग, धोखेबाज़

swine स्वाइन *n* (*pl* same) **1** सूअर, शूकर, *fig* लोभी या दुराचारी आदमी, पशु, **2** **~-herd** सूअर चराने वाला

swing^{1} स्विङ्ग *vi* & *t* (swung) **1** झूलना, पेंग चढ़ाना, हिलना, डोलना; *vt* झुलाना [to ~ a child], हिलाना [to ~ one's arms], **2** घूमना, फिरना [the door ~s on its hinges], *vt* घुमाना, फिराना, **3** फांसी पर लटकना या फांसी चढ़ना [to ~ for a crime], **4** झूमना, झूमते हुए चलना [to ~ along, past, etc], **5** **to ~ round** एक दम घूम जाना, मुड़ जाना [the car swung round], *vt* घुमाना, मोड़ना [to ~ a car round]; **6** **to ~ back** फिर पहली स्थिति में आना, लौटना, लौट पड़ना, **~-back** *n* (जनमत का) फिर पहले दल या व्यक्ति के पक्ष में होना; **~ing** *a* **1** झूलता हुआ; झूमता हुआ; **2** *sl* ज़ोरदार, बढ़िया, आमोद-प्रमोदपूर्ण; **swung dash** वक्र डैश [~]

swing^{2} *n* **1** झूला, पेंग; हिंडोला, पालना, **2** आगे-पीछे होना, दोलन; (i) **the ~ of the pendulum** (*fig*) बारी-बारी से आना; *polit* निर्वाचकों का दो दलों को बारी-बारी से बहुमत देना, दो दलों का बारी-बारी से बहुमत पाना, राजनीतिक दलों की लोक-प्रियता का उतार-चढ़ाव; (ii) दोलनी गति;

fig सक्रियता; **to be in full ~** (कार्यवाही) ज़ोरों पर होना; ज़ोर-शोर से काम करना; 3 **~-bridge** झूला पुल; **~-door** (दोनों तरफ़ खुलने वाला) झूलता दरवाज़ा

swinge स्विंज *vt* कड़ी चोट मारना (*arch exc. in part*) **~ing** स्विन्जिङ्ग 1 ~ing blow करारी चोट; 2 बहुत बड़ा, बड़ा भारी [~ing majority, lie, damages]

swingle स्विंगल *n* & *vt* पटसन कूटने की मुगरी; *vt* मुगरी से (पटसन) कूट कर साफ़ करना

swipe स्वाइप *n* & *vi* & *t* 1 *crick* बड़े ज़ोर की हिट (लगाना) [to ~ (at) the ball], 2 छीनना, चुराना

swipes स्वाइप्स *n pl* (*sl*) घटिया बियर

swirl स्वर्ल *vi* & *t* & *n* 1 में भंवर पड़ना [~ing waters of the swollen Ganga]; (of thing) चक्कर खाते हुए बह जाना, 2 *vt* (वस्तु को) घुमाते हुए बहा ले जाना; *n* भंवर; बवंडर, बगूला; **~ing** *a* भंवरदार [~ing waters]

swish स्विश *vt* & *i* & *n* 1 (भोजवृक्ष के) डंडे या बेंत से पीटना (see birch), 2 (बेंत, चाबुक आदि को) इस तरह चलाना कि सरसराहट हो, सड़ाका करना [The horse ~ed its tail]; **to ~ (a flower etc) off** काट डालना, 3 *vi* (of cane, bird, etc) सरसराना, *n* सरसराहट

Swiss स्विस *a* & *n* (*pl* same) स्विट्ज़रलैंड का (निवासी)

switch^{1} स्विच *n* 1 (बिजली का) बटन, खटका, स्विच, 2 (रेलगाड़ी की पटरी बदलने की) कैंची, कांटा, 3 कटी हुई लचीली टहनी, (फ़र्नीचर झाड़ने की) गावदुम छड़ी, डंडा, 4 बालों की लट, 5 *comb*: **~back** ऊंचा-नीचा और चक्करदार रेल-पथ; मेलों आदि में ऐसे रेल-पथ पर चलने वाली मनोरंजनार्थ रेल, **~board** बिजली के बटनों का तख़्ता, स्विचबोर्ड, **~-man** (*rail*) कैंचीवाला, कांटे वाला

switch^{2} *vt* & *i* 1 बेंत लगाना या मारना, 2 (चीज़ को) तेज़ी से घुमाना [I ~ed my head round], 3 एकदम छीन लेना [He ~ed it out of my hand], 4 (गाड़ी का) कांटा बदलना, पटरी या लाइन बदलना, 5 *fig* बातचीत का विषय बदलना, काम बदलना [to ~ (over) to another subject, work, etc]; *vt* (एक काम से हटा कर) दूसरे काम पर लगाना [to ~ s.o. (over) to another job, post, department, etc]; **~-over** *n* परिवर्तन, बदली [the ~-over to modern methods], 6 **to ~ off, on** (the light etc) बत्ती बुझाना अथवा जलाना

swivel स्विवल *n* & *vi* & *t* (-ll-) 1 चूल या कीली और उस पर फिरने वाला छल्ला, चूलछल्ला, फिरकी; 2 *comb*: **~-bridge** घूमने वाला या घुमाऊ पुल, **~-chair** घुमाऊ कुर्सी, **~-eye(d)** भेंगा; **~-gun** घुमाऊ तोप, (*vi* & *t*) घूमना, घुमाना [~led the gun, his eyes, round]

swoon स्वून *vi* & *n* बेहोश या मूर्च्छित होना, [~ed for joy]; ग़श खाना [~ed with pain]; *n* बेहोशी, मूर्च्छा, ग़श

swoop स्वूप *vi* & *t* & *n* 1 झपट्टा मारना [The hawk ~ed down on its prey]; 2 **to ~ down on sth, s.o.** अचानक आक्रमण करना, टूट पड़ना, 3 *colloq* एक झपट्टे में सारा छीन लेना [to ~ up]; *n* झपट, झपट्टा, **at one (fell) ~** एक ही (ज़बरदस्त) वार में

swop, swap स्वॉप *n* & *vt* & *i* (-pp-) (*colloq*) अदला-बदली (करना) [Will you swap places with me?], विनिमय (करना), **Never ~ horses while crossing the stream; Don't ~ horses in mid-stream** जब तक संकट से पार न हो जाओ तब तक कोई परिवर्तन न करो

sword सॉर्ड *n* 1 तलवार, खड्ग, कृपाण, शमशीर; **to cross ~s with s.o.** किसी के साथ लड़ाई या वाद-विवाद करना; **to draw, sheathe, the ~** लड़ाई शुरू करना, लड़ाई बन्द करना; **to put s.o. to the ~** तलवार के घाट उतारना, **to throw one's ~ into the scale** अपना हक़ मनवाने के लिए लड़ाई की धमकी देना; 2 **fire and ~** (आक्रमणकारी सेना के द्वारा) नगरों को जलाना और लूटना, लूट-पाट, लूट-मार, 3 *comb*: **~-cane** गुप्ती; **~-play** तलवार का खेल, पटेबाज़ी, *fig* नोक-झोंक; **~sman** तलवार चलाने में सिद्धहस्त, तलवार का धनी; पटेबाज़, **~smanship** शमशीर-बाज़ी, पटेबाज़ी; **~-stick** = ~-cane (see above)

swot स्वॉट *vi* & *t* (-tt-) & *n* (school *sl*) 1 कड़ी मेहनत करना; बड़ी मेहनत से पढ़ना, 2 (*vt*) **to ~ a subject up** विषय को जल्दी-जल्दी पढ़ लेना; *n* 1 कठोर परिश्रम (का काम); 2 परिश्रमी छात्र

sybarite सिब-राइट *a* & *n* विलासी या विषयी (व्यक्ति)

sybil सिबिल *n* = sibyl

sycamore सिक-मॉर *n* 1 ~ (**maple**) बड़ा द्विफल (वृक्ष), गूलर, 2 (*Bibl.*) (मिस्र और शाम देश —Syria— का) अंजीर

syconium साइ-कोनिअम *n* (*bot.*) अंजीर (-जैसा फल)

sycophancy सिक-फ़न्सि *n* चापलूसी, चाटुकारी

sycophant सिक-फ़ैन्ट *n* 1 चापलूस, खुशामदी टट्टू, जीहुज़ूरिया, चाटुकार, 2 परोपजीवी, पराश्रयी; **~ic** *a* चापलूसी का, चापलूसी-भरा

sycosis साइ-कोसिस *n* दाढ़ी या सिर की खाल पर का चर्मरोग, खुजली

syllabary सिल-बरि *n* अक्षरमाला (see syllable)

syllabic सि-लैबिक *a* 1 अक्षर या अक्षरों का;

mono-~ एकाक्षर; di-~ द्व्यक्षर, 2 अक्षरात्मक; **syllabi(fi)cation** सिलैबि(फ़ि)-केशन *n* अक्षर-विभाजन; अक्षर-अक्षर का उच्चारण

syllabize सिल-बाइज़ *vt* अक्षरों में विभक्त करना; एक-एक अक्षर स्पष्ट बोलना

syllable सिल-बल *n* & *vt* 1 एक स्वर या व्यंजनसहित स्वर (*e.g.* अ, ओम्, क), अक्षर, ['inferno' has three ~s], 2 अक्षरमात्र, शब्द-मात्र, एक-आध शब्द [I did not utter a ~]; *vt* एक-एक अक्षर स्पष्ट बोलना, स्पष्ट उच्चारण करना

syllabus सिल-बस *n* (*pl.* ~es, *or* -bi) 1 पाठ्यक्रम, पाठ्यविवरण, पाठ्यचर्या, 2 भाषण के मुख्य विषयों की सूची, विषयसूची

syllepsis सि-लें॑प्सिस *n* (*gram*) एक शब्द का दो सर्वथा भिन्न अर्थ वाले और बेमेल शब्दों के साथ प्रयोग, उभयान्वय; *e.g.* She went home *in* a flood of tears and a taxi; he *lost* his hat and his temper; he *took* the oath and his seat

syllogism सिल-जिज़म *n* (*log*) 1 न्यायवाक्य, न्याय; *e.g.* all *men* are mortal; all Indians are *men*; (निष्कर्ष) Therefore all Indians are mortal; 2 false ~ मिथ्या न्याय (जिसका निष्कर्ष आधारवाक्यों से न निकले), 3 निगमन, निगमन-मूलक तर्क

syllogistic सिल-जिस्टिक *a* निगमनात्मक, निगमनमूलक

syllogize सिल-जाइज़ *vi* & *t* 1 न्यायवाक्यों का प्रयोग करना, 2 *vt* (तथ्यों, दलीलों को) न्यायवाक्य के रूप में रखना

sylph सिल्फ़ *n* 1 (हवा की) परी, 2 कोमलांगी युवती, तन्वी, 3 ~like *a* छरहरा, सुकुमार, नाज़ुक

sylvan सिल्वन =**silvan**

sylviculture सिल्विकल्चर=**silviculture**

symbiont सिम्बि-ऑ॑न्ट *n* (*biol*) दूसरे के साथ-साथ जीने वाला प्राणी या वनस्पति, सहजीवी; **symbiosis** सिम्बि-ओसिस (*pl* -oses) सहजीविता, सहजीवन; **symbiotic** *a* सहजीवी

symbol सिम्बल *n* & *vt* 1 प्रतीक [White is the ~ of purity; the cross is the ~ of Christianity]. 2 (*chem.*, *astron.*, *math*) चिन्ह, संकेत, संकेताक्षर, संकेतांक; *vt* = symbolize

symbolic(al) सिम्-बॉ॑लिक(ल) *aa* 1 प्रतीकात्मक, 2 संकेतात्मक, संकेतरूप, सांकेतिक

symbolics सिम्-बॉ॑लिक्स *n* प्रतीकों या चिन्हों की विद्या, प्रतीकविद्या, प्रतीकविज्ञान

symbolism सिम्ब-लिज़म *n* 1 प्रतीकों का प्रयोग, 2 प्रतीकवाद; 3 प्रतीक (समूह), प्रतीकसमवाय

symbolist सिम्बलिस्ट *n* 1 प्रतीक-प्रयोक्ता, 2 प्रतीकवादी; ~**ic** *a* प्रतीकात्मक, प्रतीकरूप

symbolize सिम्ब-लाइज़ *vt* 1 का प्रतीक होना, 2 प्रतीक या प्रतीकों का प्रयोग करना, 3 प्रतीकरूप में वर्णन करना

symb(ol)ology सिम्ब(ल)ॉ॑ल-जि *n* प्रतीकविज्ञान; प्रतीकों का प्रयोग

symmetric(al) सि-मे॑ट्रिक(ल) *aa* 1 *math* सम-मित, 2 सुडौल, सन्तुलित, सुन्दर

symmetrize सिमिट्राइज़ *vt* 1 सममित बनाना, 2 सुडौल बनाना

symmetry सिमिट्रि *n* 1 वस्तु के विभिन्न अवयवों का परस्पर ठीक अनुपात (जिससे कि वह सुन्दर लगता है), अवयवों का सन्तुलन; 2 सममिति, सुडौल-पन, सौन्दर्य, सौष्ठव

sympathetic सिम्प-थे॑टिक *a* 1 सहानुभूति प्रदर्शित करने वाला, सहानुभूतिपूर्ण [~ audience, glance, words], ~ to a proposal etc प्रस्ताव पर विचार करने या उसका समर्थन करने को तैयार, 2 दयालु, करुण, करुणामय, हमदर्द, to be ~ to s.o. से सहानुभूति करना, पर दया करना, 3 ~ pain एक व्यक्ति की पीड़ा से दूसरे को होने वाली पीड़ा, एक अंग की पीड़ा के कारण दूसरे अंग में होने वाली पीड़ा; अनुपीड़ा, अनुवेदना, 4 ~ **nerve** अनुकम्पी तन्त्रिका, 5 ~ **strike** (see sympathy, 3) सहानुभूतिक (या समर्थनात्मक) हड़ताल, 6 ~ **ink** अदृश्य स्याही (जिसका लिखा आग के पास लाने पर ही पढ़ा जा सकता है), 7 ~ sound, vibration एक वस्तु के कंपन से दूसरी में होने वाली ध्वनि (=अनुनाद) या कंपन (=अनुकंपन); ~**ally** *adv* सहानुभूतिपूर्वक

sympathize सिम्पथाइज़ *vt* 1 सहानुभूति व्यक्त करना, से सहानुभूति करना या होना [to ~ **with** s.o. (in his sorrow etc)], 2 सहमत होना, समझना [to ~ **with** s.o.'s point of view]; ~**r** *n* 1 सहानुभूति करने वाला, हमदर्द, 2 (राज-नीतिक दल या कार्य का) समर्थक

sympathy सिम्पथि *n* 1 सहानुभूति, समवेदना, हमदर्दी [to have ~ **with** s.o., to feel ~ **for** s.o.], दया, अनुकम्पा, 2 विचार या इच्छा की समानता, सहमति. [I am **in** ~ with him, **with** his plan]; 3 to strike **in** ~ एकता या समर्थन प्रदर्शित करने के लिए हड़ताल करना

sympetalous सिम्पे॑टलस *a* जुड़ी हुई पंखड़ियों वाला, संयुक्तदली

symphonic सिम्-फ़ॉ॑निक *a* वाद्यवृन्द पर बजाया जाने वाला, वाद्यवृन्दोपयुक्त; **symphonist** *n* संगीत-कार; **symphony** सिम्फ़नि *n* 1 वाद्यवृन्द पर बजाने के लिए संगीतरचना, 2 आरंभ या मध्य या अन्त में होने वाला गीत-सहित वाद्यवृन्दसंगीत, 3 स्वर सामंजस्य, सुरीलापन

symphysis सिम्फ़िसिस *n* (*pl.* -ses) 1 मेल, जोड़, सन्धान, संहति, सम्मिलन, 2 अस्थिसन्धि

symposiarch सिम्-पोज़िआर्क *n* पानगोष्ठी का अध्यक्ष (see symposium 3)

symposiast सिम्-पोज़िऐस्ट *n* विचारगोष्ठी में

भाग लेने वाला

symposium सिम्-पोज़िअम *n* 1 किसी विषय पर मैत्रीपूर्ण विचार-विमर्श, विचारगोष्ठी, परिसंवाद, परिचर्चा, 2 (पत्रिका आदि में) एक विषय पर अनेक लेखकों के लेखों का संग्रह, लेखमाला, 3 (प्राचीन यूनान में) पानगोष्ठी

symptom सिम्प्टम *n* 1 (रोग का) लक्षण, रोग-लक्षण; subjective ~s वे लक्षण जो केवल रोगी को ही प्रतीत हों; objective ~s वे लक्षण जो दूसरों को प्रतीत हों, 2 (किसी बात का) लक्षण, चिन्ह, निशानी [to show ~s of . . .]

symptomatic सिम्प्ट-मैटिक *a* रोगसूचक, सूचक, द्योतक, लक्षण-रूप [a headache ~ of tension]

symptomatology सिम्प्टम-टॉलजि *n* (रोग)-लक्षणविज्ञान

synaeresis सिनिअ-रिसिस *n* दो स्वरों को एक स्वर की तरह पढ़ना, स्वरसंधि, स्वरसंकोच, *e.g.* extr*ao*rdinary *is pronounced* ऍक्स्ट्रॉडिनरि (*opp*. diaeresis)

synaesthesia सिनिस्-थीज़िअ *n* एक इन्द्रिय में उद्दीपन के कारण अन्य इन्द्रिय में संवेदना का होना, सहसंवेदन (*e.g.* कोई ध्वनि सुनाई पड़ने पर किसी रंग की झलक दिखाई देना)

synagogue सिन-गॉग *n* 1 यहूदी सत्संग; 2 यहूदी मन्दिर

synarthrosis सिनार्-थ्रोसिस *n* (of bones) अचल जोड़, अचल संधि, युतसंधि

synchronism सिङ्क्रनिज़म *n* 1 समकालिकता, समसामयिकता, 2 समकालिक घटना, 3 तुल्यकालत्व, 4 (in cinematography, television) चित्र और ध्वनि की समक्रमिकता

synchronization सिङ्क्रनाइ-ज़ेशन *n* (see *prec.* & foll) 1 समकाल होना, समकालिकता, 2 समकालीकरण, समकालन, 3 तुल्यकालीकरण, तुल्यकालन, 4 समक्रमीकरण

synchronize सिङ्क्रनाइज़ *vi* & *t* 1 (विभिन्न घटनाओं का) एक ही समय होना या पड़ना, समकाल या समकालिक होना [~ with], 2 *vt* (विभिन्न घटनाओं को) समकालीन बताना या सिद्ध करना, 3 तुल्यकालिक या समक्रमिक बनाना, 4 (दो बातों को) एक ही समय करना, 5 (दो या अधिक घड़ियों का) समय मिलाना; *vi* समय मिलना

synchronous सिङ्क्र-नस *a* 1 समकालिक [~ with], 2 तुल्यकालिक, 3 समक्रमिक; **synchrony** *n* 1 समकालिकता, 2 घटनाओं को समकालीन मानना, समकालन

synclinal सिन्-क्लिनल *a* (*geol.*, of strata) एक रेखा या बिन्दु की ओर ढालू या झुका हुआ, अभिनत; **syncline** सिन्क्लाइन *n* शैल-तल की अभिनति; अभिनत शैल-तल

syncopate सिन्कपेट *vt* 1 (*gram*) मध्याक्षरों का लोप करके (शब्द को) छोटा करना, मध्याक्षरलोप करना, *e.g.* symbology *for* symbolology; 2 *mus* ताल बदलना; **syncopation** *n* 1 मध्याक्षर-लोप, 2 तालपरिवर्तन

syncope सिन्कपि *n* 1 (*gram*) मध्याक्षरलोपी उच्चारण या वर्तनी (see prec), 2 (रक्तचाप कम हो जाने के कारण) (थोड़े समय की) मूर्च्छा

syncretic सिन्क्रे'टिक *a* 1 समन्वयात्मक, 2 समन्वयवादी; **syncretism** सिन्क्रिटिज़म *n* दार्शनिक या धार्मिक संप्रदायों के मतभेद मिटाने और एकता स्थापित करने का प्रयत्न, समन्वयवाद; **syncretistic** *a* समन्वयवादी; **syncretize** *vi* & *t* समन्वय स्थापित करना

syndesmosis सिन्डे'स्मोसिस *n* (हड्डियों का) स्नायुओं से जुड़ा होना, स्नायुसंधि, तन्तुसंधि

syndic सिन्डिक *n* 1 अधिकारी, अफ़सर; 2 (at univ.) सिंडिकेट का सदस्य

syndicalism सिन्डिक-लिज़म *n* यह आन्दोलन कि कारखानों का स्वामित्व और उनके माल का वितरण श्रमिक-संघों को सौंप दिया जाये, श्रमिकाधिपत्यवाद

syndicate सिन्डिकट *n* & *vt* सिन्डिकेट 1 (at univ.) सीनेट की विशेष समिति, अभिषद्, सिंडिकेट, 2 व्यवसायी (संस्थाओं का) संघ, 3 प्रकाशक-संघ, 4 संघ, *vt* 1 (दलों, संस्थाओं का) संघ बनाना, 2 (समाचार आदि) प्रकाशक-संघ के द्वारा प्रचारित या प्रकाशित कराना; **syndication** *n* संघ (का) संगठन; संघ द्वारा प्रकाशन

syndrome सिन्ड्रोम *n* 1 *path* ऐसे अनेक लक्षण जो मिल कर रोग-विशेष का लक्षण होते हैं, रोग-लक्षण (-समुच्चय); 2 समाज या संस्थान आदि में विशेष स्थिति पैदा होने के सभी लक्षण, लक्षण-समुच्चय [the Bhopal ~, the Chernobyl ~]

synecdoche सि-ने'कडकि *n* एक वस्तु के द्वारा दूसरी का निर्देश; अंग के द्वारा अंगी का निर्देश, अंगाङ्गिवाचन, *e.g.* a fleet of fifty sail (*i.e.* ships); अंगी के द्वारा अंग का निर्देश, *e.g.* India (*i.e.* the Indian team) won

synergetic सिनर्-जे'टिक *a* मिल कर काम करने वाला, सहकारी; **synergism**, **synergy** *nn* संयुक्त क्रिया, सहक्रिया, *e.g.* ऐसी दो या अधिक औषधों का एक-साथ प्रयोग जो एक दूसरी के प्रभाव को बढ़ा देती हैं

syngenesis सिनजे'निसिस *n* (*biol*) पुरुष और नारी के मेल से जनन, मैथुनिक जनन; **syngenetic** सिन्-जिने'टिक *a* मैथुनिक, मैथुनी

synod सिनड *n* 1 पादरी-परिषद् (ईसाई-)धर्मसभा, 2 *astron* ग्रहों का योग, संयुति; ~**ic(al)** सि-नॉडिक(ल) *a* धर्मसभा का; ग्रहयोग का

synonym सिननिम *n* समानार्थक शब्द, पर्याय-वाची, पर्याय; **synonymic** सिन-निमिक *a* 1 पर्याय या पर्यायों का, पर्यायिक, 2 पर्यायों का प्रयोग करने वाला

synonymity सिन-निमिटि *n* समानार्थकता,

पर्यायवाचिता, पर्यायत्व

synonymous सि-नों निमस *a* समानार्थक, पर्यायवाची [~ with]

synonymy सि-नों निमि *n* 1=synonymity, 2 (कथन को प्रभावशाली बनाने के लिए) पर्यायों का साथ-साथ प्रयोग, *e.g.* in any shape or form, 3 पर्यायसंग्रह, 4 पर्याय-परिशीलनी

synopsis सि-नों प्सिस *n* (*pl.* **-pses**) 1 संक्षेप, सारांश; 2 रूपरेखा, संक्षिप्त विवरण

synoptic सि-नों प्टिक *a* & *n* 1 संक्षिप्त, सार-रूप, सार-मात्र, ~ **weather** मौसम का संक्षिप्त विवरण, 2 ईसाई धर्म का सार या ईसा की संक्षिप्त जीवनी प्रस्तुत करने वाला; ~ **Gospels** (मत्ती, मार्क, ल्यूका और जॉन द्वारा लिखित) ईसा के जीवन का संक्षिप्त वृत्तान्त; 3 ~ **chart** मौसम (के हाल) का नक्शा; *n* ईसा का जीवन-वृत्तान्त (लिखने वाला); ~**al** *a*=synoptic *a*; **synoptist** *n*=synoptic *n*

synovia सि-नोविअ *n* (*physiol*) अस्थि-संधि को चिकना करने वाला द्रव; ~**l membrane** स्नेहक झिल्ली (जिससे यह द्रव रिसता है); **synovitis** सिनवाइटिस *n* स्नेहक झिल्ली का शोथ, झिल्लीशोथ

syntactic(al) सिन्-टै क्टिक(ल) *aa* 1 पदविन्यास-संबंधी, वाक्यरचना-संबंधी, 2 वाक्यरचना की दृष्टि से शुद्ध, व्याकरणसम्मत

syntax सिन्टैक्स *n* (*gram*) वाक्य में पदों का ठीक क्रम या विन्यास, पदविन्यास, वाक्यविन्यास; वाक्यरचना (के नियम)

synthesis सिन्थिसिस *n* (*pl.* **-eses**) 1 जोड़ना, संयोजन, सश्लेषण (*opp.* analysis), 2 (विभिन्न तथ्यों या विचारों का) समन्वय, 3 *chem* (पदार्थ के तत्त्वों को मिला कर उसका) वैज्ञानिक या कृत्रिम उत्पादन या निर्माण, 4 *surg* संयोजन, 5 *gram* संश्लेषण; ~**t** सिन्थिसिस्ट *n* कृत्रिम उत्पादन करने वाला

synthesize सिन्थिसाइज़ *vt* 1 संश्लेषण करना, 2 समन्वय करना, 3 कृत्रिम उत्पादन या निर्माण करना

synthetic सिन्-थे टिक 1 संश्लिष्ट, 2 समन्वित, 3 कृत्रिम [~ rubber, indigo], 4 (of lang) संश्लेषात्मक, सामासिक

synthetist सिन्थिटिस्ट *n*=synthesist; **synthetize** सिन्थिटाइज़ *vt* (=synthesize) कृत्रिम उत्पादन करना

syphilis सिफ़िलिस *n* उपदंश, आतशक, फ़िरंग रोग; **syphilitic** सि-फ़िलिटिक *a* उपदंशग्रस्त, उपदंशी

syphon साइफ़न=siphon, **syren** साइअरन=siren

syringa सिरिङ्ग: *n* सुगंधित फूलों वाली झाड़ी-विशेष

syringe मिरिन्ज *n* & *vt* पिचकारी; **hypodermic** ~ (इंजेक्शन लगाने की) सूईदार पिचकारी; *vt* पिचकारी से फुहारना या धोना, पिचकारी मारना

syrinx सिरिङ्क्स *n* 1 बांसुरी-जैसा वाद्य-विशेष, 2 (of bird) गान-इन्द्रिय, 3 *archaeol* (प्राचीन मिस्री मकबरे में बनी) सुरंग

syrup सिरप *n* 1 शर्बत, 2 शीरा, चाशनी; राब; 3 *fig* (शैली आदि का) माधुर्य, मधुरता, ~**y** *a* शर्बत-जैसा, चाशनी-सा, मीठा

syssarcosis सिसार्-कोसिस *n* (*pl* **-oses**) मांसपेशियों द्वारा हड्डियों का जुड़ना या जुड़ा होना

systaltic सिस्-टैल्टिक *a* बारी-बारी से सिकुड़ने और फैलने वाला, आकुंचन-प्रसारणात्मक, स्पन्दनशील (see **systole** and **diastole**)

system सिस्टम *n* 1 परस्पर-संबद्ध वस्तुओं का समुदाय, समवाय; सिलसिला, शृंखला, तन्त्र; All the ~s of the satellite are working well उपग्रह के सब यन्त्र(-तन्त्र) ठीक तरह से काम कर रहे हैं, ~ **of pulleys** घिरनी-शृंखला, घिरनी-तन्त्र; **mountain** ~ पर्वतशृंखला, पर्वतमाला; **railway** ~ (i) रेलों का सिलसिला, (देश की सारी) रेलें, रेलतन्त्र; (ii) रेल-व्यवस्था; **river** ~ नदियां और उनकी शाखाएं; **canal** ~ नहरें (और उनकी शाखाएं), नहरों का जाल, 2 *phys* परस्पर-आकर्षण से संबद्ध आकाशीय पिंड; **solar** ~ सूर्य और ग्रह तथा उपग्रह आदि, सौर परिवार, 3 *biol* समान या संबंधित क्रिया करने वाले अङ्ग; **nervous** ~ तन्त्रिकाएं, तन्त्रिकातन्त्र; **digestive** ~ पाचन करने वाले सब अङ्ग (आमाशय, जिगर, आँतें आदि), पाचक अवयव, पाचन-तन्त्र; **the system** (सब अङ्गों की क्रिया की दृष्टि से) शरीर, देह; अङ्ग-प्रत्यङ्ग, नस-नस [The poison has entered his ~]; **the human system** मानव-शरीर; 4 (काम करने की उचित) विधि, व्यवस्था, नियम, ढंग तरीका [he lacks ~, works with *or* without ~], 5 (चीज़ों को रखने का उचित) क्रम, व्यवस्था, 6 (शासन, वर्गीकरण आदि की) पद्धति, प्रणाली [the feudal ~, the metric ~]; 7 शास्त्र, सिद्धान्त, वाद, पन्थ, संप्रदाय; ~ of philosophy दर्शन के सिद्धान्त

systematic सिस्ट-मैटिक *a* 1 विधिपूर्वक (किया हुआ), विधिवत्, नियमपूर्वक, नियमानुसार, ढंग का, बाकायदा, सुव्यवस्थित, नियमित, 2 ठीक ढंग से या विधिपूर्वक काम करने वाला [he is ~], 3 सोच-समझ कर या जान-बूझकर किया हुआ, ज्ञानकृत, योजनाबद्ध [~ genocide, opposition], 4 वर्गीकृत; ~**ally** *adv* ठीक ढंग से, यथाविधि; ~**s** *n* वर्गीकरणविज्ञान, वर्गीकरणपद्धति

systematist सिस्ट-मटिस्ट *n* 1 ठीक ढंग से काम करने वाला, 2 वर्गीकरण करने वाला, वर्गीकरण-विशेषज्ञ

systematization सिस्टमटाइ-ज़ेशन *n* 1 विधि-प्रतिपादन, 2 सुव्यवस्था, 3 वर्गीकरण

systematize सिस्टम-टाइज़ *vt* 1 विधि प्रति-

पादित करना, ढंग या तरीका निकालना, 2 ठीक ढंग पर लाना, ठीक ढंग से करना, सुव्यवस्थित करना, 3 वर्गीकरण करना, वर्गबद्ध करना

systemic सिस्-टे˝मिक *a* (*physiol*) 1 सब अंगों का, सर्वाङ्गी, दैहिक; 2 (of insecticides etc) ऊतकों में प्रवेश कर जाने वाला; सर्वाङ्गी

systole सिस्टलि *n* (हृदय या धमनी का) आकुंचन, प्रकुंचन (see diastole)

systolic सिस्-टॉ˝लिक *a* आकुंचनात्मक; प्रकुंचनात्मक, आकुंचक, प्रकुंचक

syzygy सिज़िजि *n* (*astron*) 1 ग्रहों (वि० चन्द्र और सूर्य का) एक-दूसरे के निकटतम (*i.e.* युति) अथवा दूरतम (*i.e.* वियुति) होना, युति-वियुति; 2 वह बिन्दु जहां ऐसा होता है, युतिबिन्दु, वियुतिबिन्दु, 3 संबंधित वस्तुओं का युगल, जोड़ा

Tt

T, t टी; अंग्रेज़ी वर्णमाला का बीसवां वर्ण; 1 **to cross the t's** (*fig*) छोटी-मोटी अशुद्धियां भी दूर कर देना, हर बात में ठीक होना, ब्योरे पर बल देना; 2 **to a T** बहुत अच्छी तरह, पूरा-पूरा, बिल्कुल [That suits me to a T]; 3 T आकार की कोई चीज़ [T-bandage], **T-shirt** छोटी आस्तीन का चुस्त कुर्ता; *abbrs*: **T.A.** (Territorial Army) प्रादेशिक सेना; **T.B.** (tubercle bacillus; *colloq* tuberculosis) क्षयरोग (-जीवाणु); **T.M.** (transcendental meditation) योगाभ्यास; **T.M.O.** (telegraphic money order) तार (द्वारा) मनी-आर्डर; **T.N.T.** (trinitrotoluene *q.v.*); **T.U.** (Trade Union) श्रमिक संघ; **T.V.** (television [set]) दूरदर्शन (-सेट)

ta टा *int* (*colloq*) धन्यवाद

tab टैब *n* & *vt* (-bb-) *colloq* 1 (वस्त्र की) लटकन, पल्ला, सिरा, **ear-tab** कान को ढकने के लिए बनी (टोपी की) लटकन, 2 (कोट आदि लटकाने की) घुंडी, टंगनी, 3 पट्टी, धज्जी, फ़ीता, 4 **to keep a tab** (*or* **tabs**) **on sth, s.o.** (*colloq*) का हिसाब-किताब रखना; पर नज़र रखना [Keep a ~ on the expenses]; *vt* 1 लिख लेना, 2 =tabulate

tabard टैबर्ड *n* (सरकारी उद्घोषक का) लबादा, चोग़ा

tabaret टैबरिट *n* धारीदार मोटा कपड़ा

tabby टैबि *n* 1 सादा बुनाई, 2 लहरियादार (वि० रेशमी) कपड़ा, 3 ~ (**cat**) चित्तीदार या धारीदार बिल्ली: *derog* बातूनी औरत

tabernacle टैबर्नैकल *n* & *vt* & *i* 1 रहने के लिए मामूली-सा मकान अथवा तंबू, अस्थायी मंडप, डेरा, ठिकाना, *fig* मानव-शरीर, 2 (गिरजे के सिवाय कोई) पूजाघर, मन्दिर; *vt* & *i* आश्रय देना, ठहराना; डेरा डालना

tabes टेबीज़ *n* (*med*) शरीर का घुलना; क्षयरोग, ~ **dorsalis** मेरुदण्ड का क्षय; **tabetic** टबे˝टिक *a* क्षयग्रस्त, क्षयी

table[1] टेबल *n* 1 मेज़, 2 खाने की मेज़; **to lay the** ~ मेज़ लगाना; **at table** खाना खाते समय [doesn't talk politics at ~], **under the** ~ (i) खाना खाने के बाद मदहोश, (ii) घूस के रूप में [He gave Rs.1000.00 under the table to get the licence], 3 मेज़ पर लाया गया भोजन और उसकी मात्रा, He keeps a good ~ उसके यहां अच्छा (और पर्याप्त) भोजन मिलता है; 4 खाने के लिए बैठे लोग या मंडली [He kept the ~ amused]; 5 (लकड़ी का) फट्टा, तख़्ता; (पत्थर की) सिल, 6 (in *pl.*) **tables** शतरंज-जैसे खेल-विशेष (backgammon) का दो भागों वाला तख़्ता; **to turn the** ~**s** (**on s.o.**) किसी के संबंध में अपनी स्थिति को पलट देना, पासा पलट देना, हार को जीत में बदलना; अधिपति को अधीन बनाना आदि; 7 सारणी, तालिका, 8 सूची, फ़िहरिस्त, ~ **of contents** विषयसूची; 9 (also **multiplication** ~) पहाड़ा, **to learn one's** ~**s** पहाड़े याद करना, 10 (*Parl*) **to lay** (a bill, report, etc) **on the** ~ सदन की मेज़ पर रखना, विचारार्थ पेश करना; 11 सपाट भूमि, 12 पठार, अधित्यका, 13 (रत्न का) फलक, 14 *comb*: ~**-cloth** मेज़पोश, ~**land** पठार; ~**-talk** (खाने के समय की) गपशप; ~ **tennis** टेबल टैनिस, पिंग-पांग; ~**-ware** (खाने की मेज़ पर काम आने वाले) बर्तन; छुरी-कांटा

table[2] *vt* 1 (*Parl*) to ~ a bill विधेयक को सदन की मेज़ पर रखना, (सदन के विचारार्थ) बिल पेश करना; (U.S. *Parl procedure*) बिल आदि पर विचार स्थगित कर देना, 2 तालिका बनाना, सारणीबद्ध करना; सूची में रखना

tableau टैब्लो *n* (*pl.* ~**x** टैब्लोज़) 1 ~ (**vivant**) मौन और निश्चल व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत दृश्य, झांकी; 2 आकस्मिक एवं नाटकीय स्थिति, 3 ~ **curtains** (*theatr*) बीच से अलग-अलग हो

आने और बीच में ही आ जुड़ने वाले पर्दे, कनाती पर्दे

table d'hôte F ताब्ल दोत *n* 1 होटल में नियत मूल्य और नियत समय पर मिलने वाला भोजन [~ dinner, lunch, etc], 2 थाली (cf. à la carte)

tablet टैब्लिट *n* 1 (लिखने के लिए हाथीदांत, लकड़ी आदि की पतली) पट्टी, तख़्ती, 2 (लेखांकित) सिल, 3 (दवा की) टिकिया, वटिका, गोली, (साबुन की) टिकिया

tabloid टैब्लॉइड *n* 1 = tablet, 3; 2 (साधारण से आधे आकार के काग़ज़ पर छपा) समाचारपत्र, समाचारपत्रिका

taboo, tabu ट-बू *n*, *a* & *vt* निषेध, मनाही, वर्जन; *a* निषिद्ध, वर्जित [It's ~], *vt* (वस्तु, क्रिया को) निषिद्ध या वर्जित करना [The subject was ~ed]

tabor टेबर *n* (*hist*) एक प्रकार की ढोलकी, तबला

tabouret टैबरेॅट *n* 1 चौकी, स्टूल, 2 (कढ़ाई का) चौखटा

tabula टैब्युल: *n* (*pl.* ~**e**) 1 हड्डी आदि की कड़ी सतह, 2 ~ **rasa** पोंछी हुई तख़्ती, साफ़ पट्टी, *fig* (जन्म के समय का) संस्काररहित मन

tabular टैब्युलर *a* 1 सारणीबद्ध, तालिकाबद्ध [~ statement, results, etc]; in ~ form सारणी के रूप में, 2 चपटा, समतल, सपाट [~ surface]; 3 पतली पट्टियों का [~ structure]

tabulate *vt* टैब्युलेट & *a* टैब्युलिट 1 (संख्याओं, तथ्यों को) सारणीबद्ध करना, 2 चपटा करना, समतल या सपाट बनाना, *a* चपटा, समतल, सपाट; **tabulator** टैब्युलेटर *n* सारणीकार

tac-au-tac F टैक्-ओ-टैक *n* (fencing) वार का बचाव और जवाबी वार

tachometer ट-कॉमिटर *n* गोलगतिमापक यन्त्र, घूर्णवेगमापी; **tachometry** घूर्णवेगमिति

tachymeter ट-किमिटर *n* एक साथ दूरी, दिशा और ऊंचाई मापने का यन्त्र, द्रुतमापी

tacit टैसिट *a* 1 जो बिना कहे भी अभिप्रेत हो; ~ **consent** अव्यक्त सहमति, अलिखित पर माना हुआ, अव्यक्त किन्तु विद्यमान [~ agreement, understanding], 2 जो मौन रहे और कुछ न करे, मौन एवं निष्क्रिय [~ partner, spectator]

taciturn टैसिटर्न *a* प्राय: चुप रहने वाला, कम बोलने वाला, अल्पभाषी, चुप्पा; ~**ity** *n* अल्पभाषिता

tack¹ टैक *n* 1 छोटी कील, बिरंजी, **brass** ~**s** दीवार के पर्दों या फर्नीचर आदि पर जड़ने की पीतल की कीलें, (*fig*) असल काम; **to get down to brass** ~**s** (see brass), 2 बड़ा-बड़ा टांका, बड़ा तोपा, to take out the ~s टांके खोलना, 3 *naut* पाल का कोना बांधने की रस्सी; रस्सी से बांधा हुआ पाल का कोना; (पाल की स्थिति से निर्धारित) जहाज़ के चलने की दिशा, रुख़, **port** ~ बायीं दिशा; **starboard** ~ दाहिनी दिशा; 4 कार्य का ढंग या तरीका, रवैया, रास्ता, दिशा, to **be on the right (wrong)** ~ ठीक (ग़लत) दिशा में जाना, ठीक (गलत) रवैया अपनाना; to try another ~ तरीका बदल के देखना, 5 वार्निश की चिपचिपाहट, 6 *Parl*: विधेयक में जोड़ी गई अप्रासंगिक धारा, *comb*: ~-**hammer** (कील या बिरंजी जड़ने की) हथौड़ी

tack² *vt* & *i* 1 (पर्दे, दरी आदि को) कील या बिरंजी से जड़ना [to ~ sth down]; to ~ sth (on) to sth, 2 एक चीज़ को दूसरी से जोड़ना, नत्थी करना, संलग्न करना [He ~ed an appeal for funds to his inaugural address], 3 टांकना, तुरुपना, 4 (पालों का स्थान बदल कर) जहाज़ के अगले सिरे को हवा की दिशा में लाना, जहाज़ का रुख़ बदलना; *vi* (*fig*) व्यवहार या नीति या रवैया बदलना, नया रास्ता या तरीका या नई नीति अपनाना [to ~ about]

tackle¹ टैकल *n* 1 (also **block and** ~) (भार ऊपर उठाने, मस्तूल लगाने आदि के लिए) रस्से, घिरनी, ग्रंकुड़ी आदि (का बना उपकरण), टैकिल, 2 (किसी प्रकार का) उपकरण, हथियार, साठ, साज़-सामान, 3 *footb* विपक्षी खिलाड़ी को पकड़ कर रोक लेना, गुत्थमगुत्था, भिड़न्त; 4 ~-**block**, रस्सी-सहित घिरनी; ~-**fall** घिरनी की रस्सी

tackle² *vt* 1 (किसी से) गुत्थमगुत्था होना, (किसी को) पकड़ या जकड़ लेना [to ~ s.o.], 2 to ~ a task काम में हाथ लगाना, काम में जुट जाना, काम निपटाने की कोशिश करना, to ~ a problem समस्या से जूझना, समस्या सुलझाना; to ~ s.o **about** *or* **on** (some awkward matter) (किसी टेढ़े मामले पर) किसी से बात छेड़ना, किसी से साफ़-साफ़ बात करना, 3 (फुटबाल उठाकर दौड़ते हुए खिलाड़ी) को पकड़ कर रोक लेना, से भिड़ जाना

tact टैक्ट *n* ऐसी बात कहने या करने की समझ जिससे कोई नाराज़ न हो और काम भी बन जाए, (लोगों या स्थिति से निपटने का) कौशल, व्यवहार-कुशलता, सूझ-बूझ, समझदारी, शऊर; ~**ful** *a* व्यवहार-सूझबूझ वाला, समझदार, चतुर, सयाना, व्यवहार-कुशल; ~**less** *a* 1 बेसमझ, नासमझ, बेशऊर, 2 नासमझदारी का [~less question]

tactical टैक्टिकल *a* 1 सेनाविन्यास-संबंधी, युद्ध-संचालन-संबंधी, सामरिक; (of bombing) सेना या नौसेना के सहायतार्थ (opp. strategic); 2 होशियार, चतुर, कुशल, 3 चतुराई से किया हुआ, चातुर्यपूर्ण

tactician टैक्-टिशन *n* 1 सेनाविन्यास-विशेषज्ञ, 2 काम निकालने में चतुर, पैंतरेबाज़

tactics टैक्टिक्स *n* 1 (as *sing* or *pl*) (वि॰ शत्रु से टक्कर हो जाने पर) सेनाओं का यत्र-तत्र विन्यास

करने की कला, सेनाविन्यास-कौशल, व्यूहरचना-कौशल (cf. strategy, logistics), 2 as *pl* (काम निकालने की) युक्ति, तदबीर, उपाय, चाल, पैंतरा, पैंतरेबाज़ी [I cannot approve of these ~]

tactile टैक्टाइल *a* 1 स्पर्श का, स्पर्श-संबंधी, स्पर्श- [~ organ], 2 स्पर्श से ज्ञात होने वाला, स्पर्शग्राह्य [~ imperssion]; **tactual** टैक्चुअल *a* स्पर्शजन्य

tadpole टैड्पोल *n* मेंढक का डिम्भ, बेंगची

taenia टीनिअ *n* (*pl.* ~e *or* ~s) 1 *anat* मस्तिष्क का फ़ीते-जैसा भाग, टीनिया, 2 फ़ीता-कृमि, 3 (*Gk. & Rom ant*) सिर पर बांधने का फ़ीता, पट्टी, पट्टिका, 4 *archit* पट्टी

taffeta टैफ़िट: *n* चमकदार रेशमी कपड़ा, टैफ़्टा

taffrail टैफ़्रेल *n* जहाज़ की पिछाड़ी का जंगला, दुम्बाल का जंगला; तफ़रैल

tag^1 टैग *n* 1 तसमे के सिरे पर लगा धातु का सिरा, घुंडी, 2 (बूट को ऊपर चढ़ाने के लिए उसके पिछले सिरे पर लगी) पट्टी, 3 (वस्त्र की) लटक, 4 (चीज़ के साथ बांधने की) पर्ची (जिस पर मालिक का पता, वस्तु का मूल्य आदि लिखा हो), नाम-पर्ची, मूल्यपर्ची, लेबल, 5 संलग्न वस्तु, 6 घिसी-पिटी उक्ति, उद्धरण, 7 (गीत की) टेक, स्थायी, 8 *theatr* भरतवाक्य, 9 **tag-rag**=rag-tag

tag^2 *vt & i* (-gg-) 1 बांधना, जोड़ना, लगाना, संलग्न करना, नत्थी करना [to ~ sth **(on) to** sth; to ~ things together], 2 (उक्तियों, उद्धरणों आदि से) भरना [to ~ a speech with quotations]; 3 *vt* (*colloq*) किसी के पीछे-पीछे जाना [I ~ged him to an old house in the interior of the city]; *vi* (*colloq*) to ~ along with s.o. किसी के साथ चलना; to ~ after s.o. किसी के पीछे-पीछे चलना

tail^1 टेल *n* 1 पूंछ, दुम, पुच्छ, **to turn** ~ पीठ दिखाना, भाग खड़ा होना; (of dog) **with his ~ between his legs** डरा हुआ, (of person) हिम्मत हारा हुआ, सहमा हुआ, हताश; **to keep one's ~ up** हिम्मत न हारना, **with ~ up** (*of person*) उत्साहपूर्ण, जिसमें उत्साह भरा हुआ हो, 2 पूंछ-जैसी चीज़ या अंग, पिछला भाग; (of comet) पूंछ, (कार, ट्रेन आदि का) पिछला भाग, (कुर्ते का) लटकता हुआ भाग; 3 **tail-end** of a procession जलूस का अन्तिम भाग या छोर या सिरा, ~ of the class कक्षा के कमज़ोर छात्र; **The sting is in the ~** चुभने वाली बात (पत्र आदि के) अन्तिम भाग में है; 4 (नेता आदि का) पिछलगा, 5 (सिक्के की) पुश्त, पट, to make head or tail of (see head^1, 6), 6 *comb*: **~-lamp, ~-light** (गाड़ी की) पिछली बत्ती, **~-piece** (i) अध्याय की समाप्ति पर ख़ाली जगह में की गई सजावट; (ii) अन्त्योक्ति; (iii) परिशिष्ट

tail^2 *vt & i* 1 पीछे जोड़ना या लगाना, संलग्न करना, टांकना [to ~ sth **on to** sth], 2 (किश-मिश आदि की) डंडियां अलग करना, 3 (मेमने की) पूंछ काट कर छोटी करना, 4 *vi* **to ~ after s.o.** (i) किसी का पीछा करना; (ii) कतार बांध कर पीछे-पीछे चलना, to ~ **away** *or* **off** पिछड़ जाना; कम या थोड़े हो जाना, यों ही ख़त्म हो जाना, to ~ **in** (शहतीर का एक सिरा) दीवार आदि में लगाना

tail^3 *n & a* (*law*) प्रतिबंधित स्वामित्व, **heir in ~** प्रतिबंधित उत्तराधिकारी (जो संपत्ति को अपनी संतान के सिवा किसी के नाम नहीं कर सकता); **estate in ~** प्रतिबंधित संपदा (जिसका पाने वाला उसे सन्तानेतर को नहीं दे सकता); *a* प्रतिबंधित [estate ~]

tailor टेलर *n & vi & t* 1 दर्ज़ी; **~'s cramp** अंगूठे और उंगलियों की ऐंठन, 2 *comb*: **~-bird** बया; *vi & t* 1 सिलाई करना; (कपड़े) सीना; 2 *fig* (काट-छांट या कतर-ब्योंत करके) अनुकूल या उपयुक्त बनाना [to ~ sth to s.o.'s requirements; to ~ sth for a special purpose]; (fem) **~ess** *n* दर्ज़िन, **~ing** *n* 1 दर्ज़ी का काम या पेशा, 2 सीने का काम, सीने को रखे कपड़े, सिलाई

taint टेन्ट *n & vt & i* 1 सड़न या ख़राबी का चिन्ह, धब्बा, दाग़, सड़न, सड़ाव [meat free from ~], 2 पुश्तैनी रोग का तनिक अंश [There is a ~ of insanity in the family], 3 (*fig*) ख़राबी, दोष, दूषण [the ~ of sin, of commercialism]; *vt* 1 सड़ाना, धब्बा या दाग़ लगाना, दूषित करना, रोग पैदा करना, 2 दूषित या अपवित्र करना, भ्रष्ट करना, **~ed meat** ख़राब मांस, 3 *vi* सड़ना, दूषित होना [Meat will ~ readily in hot weather]

tainted टेन्टिड *a* 1 गला-सड़ा, ख़राब, दूषित [~ meat], 2 अपवित्र, ~ **money** अनुचित साधनों से कमाया हुआ धन, पाप की कमाई

take^1 टेक *vt & i* (took, taken) I 1 लेना, ग्रहण करना, पकड़ना [Take my hand]; to ~ a seat आसन ग्रहण करना; **to ~ s.o. prisoner, captive** गिरफ़्तार करना, बन्दी बनाना; **to be taken prisoner, captive** बन्दी बनाया जाना; to **be taken by** *or* **with** s.o.. sth पर मोहित होना; बहुत पसन्द आना; 2 लेना, प्राप्त करना [Take a holiday), to ~ **one's degree** *or* **a degree** डिग्री प्राप्त करना; to ~ legal, medical, advice वकील, डाक्टर, की सलाह लेना; 3 (प्रतिदिन) मोल लेना, ख़रीदना, लेना [I ~ the Statesman]; 4 (नगर, किले आदि पर) अधिकार करना [to ~ a town, fortress, etc], 5 (अपने साथ) ले जाना [I'll ~ you to the doctor, park, theatre], 6 लेना, पीना, खाना, सेवन करना [to ~ tea, brandy, food, dinner, a meal], 7 समझना, ख़्याल करना, मतलब लगाना [I ~ it that we are to wait here]; मान लेना [to ~ the minutes as read); **You may ~ it from me** मैं जो तुम्हें बता रहा हूं; मैं तुम्हें ठीक ही बता रहा हूं; मेरी बात पर विश्वास करो; **to ~ s.o. at his words** किसी के कहे पर विश्वास कर लेना; **to ~ s.o. seriously** किसी की बात को सच मान लेना; **taken all in all; taking one thing with another** सब बातों का ख़्याल करते हुए; **to ~ it badly** बेचैन होना, तिलमिलाना; **to ~ it well** बेचैन न होना; बुरा न मानना; to ~ sth lightly किसी बात की बहुत परवाह न करना; **to ~ sth seriously** किसी बात को गंभीर मानना, पर्याप्त महत्त्व देना; to ~ sth unkindly किसी बात को बुरा मानना; 8 (समय) लगाना, **to ~ one's time (over sth)** (कोई काम करने में) अपनी सुविधा के अनुसार समय लगाना, जल्दी न करना; **Take your time!** जितना समय चाहिए लगा लो, जल्दी मत करो!; (समय) लगना [The journey ~s two days]; It won't ~ long बहुत समय नहीं लगेगा; जल्दी हो जाएगा; 9 की आवश्यकता होना, अपेक्षा करना [It took four men to hold him]; These things ~ time ऐसे कामों में (बहुत) समय लगता है; **to ~ a lot of** (*or* **some**) **doing** करना कठिन होना, 10 अनुभव करना, **to ~ (a) pride, (a) pleasure, an interest, in one's work etc** पर गर्व करना, में प्रसन्नता अनुभव करना, में रुचि लेना; II *vi* 1 सफल होना, 2 *med* काम करना, असर करना [The vaccine has not taken]; III (*vt* & *i* with *prepp* & *advv*) 1 **to ~ after** स्वभाव आदि में (माता-पिता या संबंधी के) सदृश होना [He ~s after father]; 2 **to ~ back** one's words (*colloq*) अपने शब्द वापस लेना, 3 **to ~ down** (a few notes) लिख लेना; **to ~** s.o. **down a peg (or two)** का घमंड तोड़ना, को नीचा दिखाना, 4 **to ~ for** समझना, ख़्याल करना [I took you for a foreigner]; 5 **to ~ (away) from** कम करना, घटाना [Such faults do not ~ from his credit as a historian]; 6 (i) **to ~ in** दाख़िल या प्रविष्ट करना; (ii) to ~ in sail पाल को (लपेट कर) छोटा करना, (iii) समझना, **to ~ in the situation** स्थिति को समझना; (iv) धोखा देना; **to be taken in** धोखा खाना, धोखे में आ जाना [I was taken in by sharpers, by her appearance]; 7 **to ~ into one's head to do** sth मन में कोई काम करने का विचार उठना; करने की धुन सवार होना; 8 to **~ off** one's clothes etc कपड़े उतारना; **to take (a day etc) off** (एक दिन आदि की) छुट्टी मनाना; छुट्टी लेना; (*of plane*) **to ~ off** उड़ना, उड़ान भरना, 9 **to ~ on** (work, responsibility, etc) अपने ऊपर लेना, संभालना, 10 **to ~ out** (i) निकालना, (ii) to ~ out a stain धब्बा मिटाना; (iii) **to ~ out an insurance policy** बीमा पालिसी लेना, बीमा कराना, 11 to **~ over** लेना, संभालना [to ~ over a business]; **to ~ over charge of an office** पद संभालना; to **~ over from** s.o. किसी से पद का चार्ज लेना; **12** to take to आरंभ करना, में लग जाना, **to ~ to drink(ing)** शराब का आदी हो जाना, शराब की लत पड़ना; **to ~ to** s.o. किसी से मित्रता या स्नेह हो जाना; **to ~ to** an idea कोई विचार पसंद आना; **to ~ to the forest** etc (शरण पाने के लिए) जंगल में चला जाना; **to take to the lanes, roads, streets,** etc गलियों में, सड़कों पर, निकल आना [Protesting men and women took to the streets], **13** to **~ up** (व्यवसाय, पेशा आदि) अपनाना, में लगना, में रुचि लेना [to ~ up a business, hobby, etc], (काम, कर्तव्य) संभालना, में लग जाना; **to ~ up a challenge** चुनौती स्वीकार करना; to ~ up too much room बहुत स्थान घेरना; (समय आदि) ले लेना, लग जाना [This work takes up all my time, all my attention]; to ~ up a question etc (i) प्रश्न पर विचार आरंभ करना, (ii) जहां कोई छोड़े या ख़तम करे वहां से (फिर) शुरू करना [We'll ~ up the story where we left off yesterday]; पर आगे काम या विचार करना, आगे बढ़ाना [to take up a matter, an enquiry, etc], to ~ **up with** s.o. से दोस्ती करने लगना, के साथ रहना; **14** to ~ sth **upon** oneself अपने ऊपर लेना, अपने ज़िम्मे लेना [to ~ it upon oneself to do sth]; [*N.B.* Other idiomatic expressions with 'take' will be found under the respective words], IV *comb*: **~-home pay** टैक्स आदि काटने के बाद बचा वेतन, निवल वेतन, **take-in** *n* प्रवंचना, ठगी, धोखा, छल, कपट; **take-off** (विमान की) उड़ान, प्रस्थान, रवानगी, (कल्पना की) उड़ान; **~-over** *n* (i) पद संभालने या अधिकार करने की कार्यवाही, (ii) सत्ता हथियाना [the military ~-over in a neighbouring country]

take^2 *n* **1** (पकड़े गये शिकार, मछली आदि की) मात्रा, **2** (सिनेमा आदि में) टिकटों से प्राप्त धन, आय, प्राप्ति, **3** *cinemat* दृश्य जिसका फ़ोटो एक ही बार में लिया गया हो, चलचित्र खंड

taker टेकर *n* **1** लेने वाला, गाहक, ख़रीदार, **2** दांव लगाने वाला [There were no ~s]

taking टेकिङ्ग *n* & *a*; in *pl* = take^2, 2; *a* **1** आकर्षक, सुन्दर, प्यारा, मनोमुग्धकारी, **2** संक्रामक

talc टैल्क *n* **1** सेलखड़ी, **2** = talcum powder;

3 अभ्रक

talcum टैल्कम *n* 1 = talc, 2 ~ (powder) (मुंह आदि पर लगाने का) सेलखड़ी का सुगंधित पाउडर

tale टेल *n* 1 (सच्चा या झूठा) वृत्तान्त, कथा, कहानी [~s of Alexander's invasion]; **~ of a tub** झूठी कहानी, गप, 2 हाल, वृत्तान्त [His sad face told the ~ of his sufferings], 3 (बदनाम करने वाली) अफ़वाह, किंवदन्ती [all sorts of ~s will get about], 4 **to tell ~s (out of school)** गुप्त रखने वाली बात बता देना, भेद खोल देना, 5 चुग़लख़ोर, **~-bearing** चुग़लख़ोरी, 5 **~-bearer** भेद खोलने वाला, पिशुन; **~-teller** (सच्ची या झूठी) कहानी सुनाने वाला, किस्सा-गो

talent टैलन्ट *n* 1 स्वाभाविक योग्यता, प्रतिभा [**to have a ~ for music, etc, for doing** sth]; 2 क्षमता, योग्यता, प्रवीणता, 3 men of ~ प्रवीण या प्रतिभाशाली व्यक्ति, 4 *collect* प्रतिभाशाली लोग [all the ~ of the country; local ~], 5 (यूनान, रोम आदि का) प्राचीन सिक्का [gold ~, silver ~]; **talented** टैलन्टिड *a* 1 प्रतिभाशाली, प्रतिभासंपन्न, 2 प्रवीण, योग्य, दक्ष

talion टेलिअन *n* बदला लेने का कानून, 'जैसे-को-तैसा' का सिद्धान्त

taliped टैलिपेंड *a* & *n* मुड़े हुए पैरों वाला, पाँवफिरा; **talipes** टैलिपीज़ *n* 1 मुड़ा हुआ पाँव, 2 पाँवफिरापन

talipot टैलिपोंट *n* पंख-जैसे पत्तों वाला ताड़-जाति का पौधा, तालीपत्र, तालीपात

talisman टैलिज़्मन *n* गंडा, तावीज़, रक्षाकवच

talk^1 टॉक *vi* & *t* 1 बोलना, बोल सकना; कहना, बताना, **to ~ big, to ~ tall** डींग मारना; **to ~ through one's hat** (see hat); 2 बात-चीत करना [to ~ **to, with,** s.o.; also see 4 end], **to know what one is ~ing about** अपने विषय का विशेषज्ञ होना, 3 *vt* to ~ politics राजनीतिक चर्चा करना, to ~ sense अक्ल या समझदारी की बात करना, 4 (with *prepp*) to talk **about** की चर्चा करना, पर विचार करना; **to ~ at** s.o. किसी (की उपस्थिति में दूसरे से बातचीत करते हुए पहले व्यक्ति) पर व्यंग्य करना; to ~ **away** बातों मे (समय) बिता देना, to ~ s.o. **down** (ऊंचे स्वर में) बोल-बोल कर किसी को चुप करा देना, किसी का मुंह बन्द कर देना; to ~ **of** की बात या चर्चा करना; (*Parl*) to ~ **out** (a bill, motion) बैठक के अन्त तक बहस जारी रख कर पास न होने देना; बहस में ही समाप्त कर देना; to ~ **over** (a question) पर यथेष्ट बातचीत या विचार-विमर्श करना [We'll ~ it over], to ~ s.o. **over** बातचीत करके किसी को सहमत कर लेना या मना लेना, to ~ s.o. **round** समझा-बुझा कर मना लेना; to ~ **round** a question विषय पर बहस किये जाना पर किसी निश्चय पर न पहुंचना; to ~ **to** s.o. समझाने-बुझाने के लिए बात करना; *colloq* हल्की-सी डाँट पिलाना (also see 'talking')

talk^2 *n* 1 बातचीत, वार्तालाप, 2 (रेडियो या गोष्ठी आदि के लिए विषय-विशेष पर) वार्ता, 3 (लोगों की) गपशप या चर्चा का विषय [he, it, their romance, is **the ~ of the town**]

talkathon टॉकथन *n* बहुत लंबी बातचीत या चर्चा या भाषण [f. talk + marathon]

talkative टॉक-टिव *a* बातूनी, वाचाल

talkee-talkee टॉकि-टॉकि *n* निरन्तर टर-टर या बक-बक

talker टॉकर *n* वार्ताकार; वक्ता

talkie टॉकि *n* (*sl*) बोलती फ़िल्म, बोलपट

talking टॉकिङ्ग *a* & *n* बोलने वाला [~ parrot]; *n* बातचीत; **~ points** वार्ताविषय; **~-to** हल्की-सी फटकार [I gave him a ~-to] (see talk^1, 4 end)

tall टॉल *a* & *adv* 1 (of person) लंबा, लंबे कद का, 2 (of tree, mast, etc) ऊंचा, 3 (*sl*) **~ talk** डींग, **a ~ story** अविश्वसनीय कहानी, **a ~ order** लंबी-चौड़ी मांग, बहुत बड़ी या अनुचित फ़रमाइश (also see order^1 II, 3); *adv* **to talk ~** डींग मारना; **to walk ~** अभिमान करना

tallboy टॉल्बॉइ *n* (कपड़े रखने की) ऊंची अलमारी

tallow टैलो *n* & *vt* 1 (मोमबत्ती या साबुन बनाने, मशीनों को चिकना करने में काम आने वाली) चर्बी, वसा, पशुवसा, 2 vegetable ~ वनस्पति की चिकनाई, 3 *comb*: **~-chandler** वसा की मोमबत्तियां बनाने या बेचने वाला; *vt* चर्बी या चिकनाई लगाना; **~y** टैलो-इ *a* 1 वसा-जैसा; चिकना, 2 वसामय, चर्बीदार, चर्बीला

tally^1 टैलि *n* 1 (लकड़ी की पट्टी पर लकीरें या निशान खुरच कर रखी गई) गिनती, गणना, हिसाब-किताब; **to keep a ~ of goods** (बेचे या लादे या उतारे गये) माल की गिनती या हिसाब रखना; 2 (बेचे गये माल की) नियत संख्या (दर्जन, सौ आदि) का निशान-विशेष, to buy goods by the ~ दर्जन, सैंकड़े आदि के हिसाब से माल ख़रीदना; 3 (चीज़ की पहचान के लिए साथ बांधी हुई) पर्ची, चिट, लेबल, 4 उसी तरह की दूसरी चीज़, सदृश वस्तु, प्रतिवस्तु, प्रतिपर्ण [~ of sth]; 5 *comb*: **~ clerk** माल की गिनती करने या हिसाब रखने वाला क्लर्क, मिलान-क्लर्क; **~ system, ~ trade** (पट्टी पर माल की गिनती लिख कर) थोड़े समय के उधार पर माल बेचने की पद्धति, अल्पकालिक उधार-पद्धति

tally^2 *vt* & *i* 1 (माल की) गिनती करना,

(माल का) मिलान करना, 2 *vi* मेल खाना, मेल मिलना, मिलना [the goods do not ~ with the invoice; these accounts do not ~]

Talmud टैल्मड *n* यहूदियों के कानून तथा सन्त-चरित का संग्रह, तालमूद

talon टैलन *n* 1 (वि॰ शिकारी पक्षी का) नाखून; पंजा, चंगुल; 2 *archit* सर्पाकार हाशिया (= ogee); 3 अधपन्ना, प्रतिपर्ण (=counterfoil); 4 बांटने के बाद ताश के पत्तों की बची ढेरी

talus टैलस *n* (*pl* -li) 1 *anat* टख़ना; टख़ने की हड्डी, गुल्फास्थि, 2 *geol* खड़ी चट्टान के निचले सिरे पर पत्थरों के टुकड़ों की ढालू राशि, पाद-मलबा

tamarind टैमरिन्ड *n* इमली (पेड़ तथा फल)

tamarisk टैमरिस्क *n* सदाबहार झाड़ी-विशेष, झाऊ

tambour टैम्बुअर *n* & *vt* 1 ढोल, ढोलक, 2 गुलकारी का गोल फ़्रेम, 3 गुलकारी किया हुआ कपड़ा, 4 (गिरजे आदि में) मुड़वां किवाड़ों वाली ड्योढ़ी; *vt* बेल-बूटे काढ़ना, गुलकारी करना

tambourin टैम्बरिन *n* लंबी ढोलक, तंबूर

tambourine टैम्ब-रीन *n* डफली, खंजरी

tame^1 टेम *vt* 1 (पक्षी या पशु को) सधाना, पालतू बनाना, 2 (आदमी को) नम्र या विनीत बनाना, घमण्ड तोड़ना, काबू में करना या लाना, 3 (उत्साह) कम करना, (जोश) ठंडा करना [to ~ s.o.'s spirit, ardour]; **~able** *a* सधाने लायक; **~r** *n* सधाने वाला [lion-tamer]

tame^2 *a* 1 (of animal, bird) सधाया हुआ, पालतू, घरेलू, (of person) दब्बू, उत्साहहीन; विनम्र, विनीत, 2 (of scenery, description, style, etc) अरोचक, फीका, नीरस, बेमज़ा [The match ended in a ~ draw]; **~ly** *adv* 1 कायरों की तरह, दब कर, बिना विरोध किये, 2 अरोचक या नीरस ढंग से [The story ends ~ly]; **~ness** *n* 1 (पशु की) अनुग्र प्रकृति या स्वभाव, अनुग्रता, 2 (आदमी का) दब्बूपन, कायरता, 3 अरोचकता, नीरसता

tam-o'-shanter टैम-शैन्टर *n* (माथे पर कसकर आने वाली पर ऊपर से ढीली) टोपी

tamp टैम्प *vt* 1 (खान की सुरंग को) मिट्टी से भर देना (ताकि धमाका बड़े जोर का हो), 2 (सड़क की रोड़ी आदि को) कूट-पीट कर बिठाना

tamper टैम्पर *vi* 1 to ~ with (मशीन आदि को) छेड़ना, हाथ लगा कर बिगाड़ना, 2 (अभिलेख में) अनधिकृत परिवर्तन करना, रद्दो-बदल करना, गड़बड़ करना, 3 रिश्वत देना, रिश्वत देकर दबाव डालना [to ~ with a witness = suborn]

tampion टैम्पिअन *n* (तोप के मुंह की) डाट

tampon टैम्पन *n* & *vt* 1 (रक्तस्राव रोकने के लिए) रूई का टुकड़ा, फाहा, 2 (बालों के लिए) गद्दी; *vt* फाहा लगाना [to ~ a wound etc]; **~ade, ~age** *nn* फाहे का प्रयोग

tan^1 टैन *vt* & *i* (-nn-) 1 (मृत पशुओं की) खाल को मुलायम करना, चमड़ा सिझाना या कमाना, 2 (धूप का त्वचा को) भूरा या साँवला करना, *vi* (धूप से त्वचा का) भूरा या साँवला हो जाना

tan^2 *n* & *a* 1 (चमड़ा सिझाने में काम आने वाली शाहबलूत आदि की) छाल; 2 (इस का) पिंगल वर्ण; 3 (धूप में फिरने के कारण त्वचा का) भूरापन, भूरा रंग, सांवलापन, 4 **tan-yard** = tannery (see further)

tandem टैन्डम *n*, *a* & *adv* 1 गाड़ी जिसमें घोड़े के पीछे घोड़ा जुता हो, 2 **in ~** आगे-पीछे, *a* (of horses) आगे-पीछे जुते हुए; **~ (bicycle)** साइकिल जिसमें एक के पीछे दूसरी, तीसरी, गद्दी हो; आगे-पीछे लगी हुई दो-तीन गद्दियों वाली साइकिल; *adv* to drive horses ~ घोड़ों को आगे-पीछे जोत कर हांकना

tang^1 टैङ्ग *n* 1 नोक, सिरा; छेनी आदि का दस्ते के अन्दर वाला सिरा, जड़, 2 तीखा या चरपरा स्वाद, 3 तेज़ गन्ध [~ of the soil]

tang^2 *n* & *vt* & *i* तीव्र ध्वनि; झंकार; घण्टे की टन-टन; *vt* (घण्टा) बजाना, टनटनाना, *vi* बजना, टनकना, टनटनाना

tangency टेन्जन्सि *n* (f. foll) (*math*) स्पर्शिता

tangent टैन्जन्ट *a* & *n* (*math*) वृत्त आदि को एक ही बिन्दु पर स्पर्श करने (न कि काटने) वाला, स्पर्शी; *n* स्पर्शरेखा; **to go, fly, off at a ~** प्रसंग छोड़ कर कुछ और ही कहने लगना, सहसा विषय या बात बदल देना; प्रचलित विचारधारा या व्यवहार को छोड़ देना; **~ial** टैन्जेन्शल *a* एक बिन्दु पर स्पर्श करने वाला, स्पर्शी, स्पर्शरेखावत्

tangerine टैन्ज-रीन *n* सन्तरे की एक किस्म, सन्तरा

tangibility टैन्जि-बिलिटि *n* 1 स्पर्शगम्यता, 2 अनुभवगम्यता, 3 वास्तविकता

tangible टैन्जिबल *a* 1 स्पर्शगम्य, स्पृश्य, 2 अनुभवगम्य, पता लगने वाला, महसूस होने वाला, स्पष्ट, ख़ास [~ difference], 3 ठोस, मूर्त्त, साकार, वस्तु के रूप में, वस्तुगत, ~ assets, वस्तुगत संपत्ति, *e.g.* buildings etc, 4 वास्तविक (न कि काल्पनिक) [~ advantages]; **~ness** *n* = tangibility; **tangibly** *adv* व्यक्त या स्पष्ट रूप से

tangle टैङ्गल *vt* & *i* & *n* 1 (धागों, बालों को) उलझाना, 2 (मामले को) उलझाना, जटिल बनाना [a ~d affair], 3 *vi* उलझना, गुथना; to ~ with s.o. लड़ना-झगड़ना, उलझना; *n* 1 उलझाव, उलझी हुई चीज़ [~ of hair, thread], गुत्थी, 2 उलझन, झंझट, बखेड़ा, झमेला [it's a hopeless ~]; The business is in a ~ काम का सिर-पैर नहीं पता चलता; काम बहुत उलझा हुआ है; **tangly** टैङ्ग्लि *a* उलझा हुआ; जटिल, पेचीदा

tank टैङ्क *n* 1 हौज़, (पानी की) टंकी (also in a locomotive), 2 जलाशय, तालाब, कुंड; 3 *mil* तोप से सुसज्जित और बक्स की तरह बन्द इस्पाती गाड़ी, युद्धयान, टैंक; ~-**trap** टैंक को रोक सकने वाली रुकावट, टैंक-रोक; ~**age** *n* 1 टंकी में रखना, 2 टंकी या टंकियों (में रखने) का भाड़ा, 3 टंकी की समाई

tankard टैङ्कर्ड *n* 1 (चांदी आदि धातु का) शराब का ढक्कनदार बड़ा मग या प्याला, 2 इसकी समाई, a ~ of beer प्याला-भर बियर

tanker टैङ्कर *n* 1 तेल आदि ढोने वाला जहाज या विमान, तेलवाहक जहाज़ या विमान, 2 टंकी में दूध आदि ढोने वाली (मोटर-) गाड़ी, दुग्धयान

tanner टैनर *n* चमड़ा कमाने वाला, चर्मशोधक; ~**y** टैनरि *n* 1 चमड़ा कमाने का कारखाना, चर्मशोधशाला, 2 चर्मशोधन

tannic टैनिक *a* शाहबलूत की छाल का, ~ acid शाहबलूत आदि पेड़ों की छाल से बनने वाला अम्ल (जो चमड़ा कमाने आदि में काम आता है), टैनिक अम्ल

tannin टैनिन *n* पेड़ों की छाल से प्राप्त पदार्थ जो चमड़ा कमाने, स्याही बनाने आदि में काम आता है, टैनिन

tantalization टैन्टलाइ-ज़ेशन *n* (see Tantalus) तरसाव

tantalize टैन्टलाइज़ *vt* आशा दिलाते रहना पर कभी पूरी न होने देना, इस प्रकार सताना, तरसाना, डहकाना; ~**r** *n* तरसाने वाला; **tantalizing** *a* तरसाने वाला, व्यर्थ आशा दिलाने वाला

tantalum टैन्टलम *n* धातु-विशेष, टैन्टलम

Tantalus टैन्टलस *n* 1 (*Gk. myth*) एक दुष्ट राजा जिसे दण्ड देने के लिए देवताओं ने तालाब में खड़ा कर दिया। वह प्यास से व्याकुल हो कर ज्यों पानी पीने को झुकता पानी नीचा ही नीचा होता जाता और जब वह निराश हो कर खड़ा हो जाता पानी फिर ऊपर आने लगता, पर वह कभी प्यास न बुझा पाता, 2 सारस-जैसा पक्षी-विशेष

tantamount टैन्टमाउन्ट *pred a* बराबर, तुल्य, समान [The reply was ~ to a flat refusal]

tantrum टैन्ट्रम *n* क्रोधावेश, नाराज़गी, झुंझलाहट; **to be in a ~, to get into a ~** बिगड़ना, झुंझलाना, चिड़चिड़ाना

Taoism टाओइज़्म *n* चीनी दार्शनिक Lao-tse (*c* 500 B.C.) का धार्मिक सिद्धान्त कि मनुष्य को प्रकृति के अनुकूल सरलता का जीवन व्यतीत करना चाहिए, ताओवाद

tap^1 टैप *n* 1 टोंटी, to turn on, off, the ~ टोंटी खोलना, बन्द करना, 2 (लकड़ी के पीपे का छेद बन्द करने की) डाट, काग, 3 **on tap** (of liquor etc) टोंटीदार पीपे में भरा हुआ जिसे (टोंटी खोल कर) हर समय निकाला जा सके; (of govt. bonds) हर समय सुलभ; ढिबरी की भीतरी चूड़ी काटने का औज़ार, 4 भीतरी चूड़ी-कट; 5 ~-**room** (in an inn etc) सस्ती शराब का कक्ष, मैख़ाना; ~-**water** नल का पानी

tap^2 *vt* (-pp-) 1 (पीपे आदि में) टोंटी लगाना, 2 (द्रव निकालने के लिए पीपे में) छेद करना, 3 (पीपे में छेद करके—द्रव को) निकालना, 4 **to tap a tree** (for resin) (छाल काट कर) पेड़ की राल चुआना, 5 *surg* छिद्र करके मवाद निकालना [to ~ a lung]; 6 मांगना, लेना, प्राप्त करना [to s.o. for money, subscription, etc], 7 **to ~ s.o.'s telephone** चोरी से किसी का टेलीफ़ोन सुन लेना; 8 to ~ a new country etc नये देश के साथ संपर्क स्थापित करना या व्यापार शुरू करना; 9 काम में लाना, उपयोग करना [to ~ **natural resources**], 10 to ~ a subject विषय छेड़ना (=broach^2), 11 (ढिबरी की) भीतरी चूड़ी काटना

tap^3 *vt & i* (-pp-) & *n* 1 हल्का आघात करना, हल्की ठोकर लगाना, खटखटाना [Tap the door with your knuckles]; 2 धीरे-धीरे ठोंकना [to ~ in a nail], 3 (किसी चीज़ से) ठक-ठक करना [~ped his stick against the window], 4 (*vi*) खटखटाना, दस्तक देना [to ~ **at** *or* **on** the door], *n* 1 हल्का आघात, हल्की चोट या ठोकर, 2 खट-खट, दस्तक

tape^1 टेप *n* 1 फ़ीता, 2 (दौड़-समाप्ति के दो खंभों के बीच ताना हुआ) फ़ीता, **to breast the ~** दौड़ जीतना, 3 (यन्त्र के चक्के पर चढ़ा हुआ) पट्टा, 4 (मापने का) फ़ीता (also ~-**measure**); **(adhesive) tape** चिपकने वाला फ़ीता, टेप; 5 **(magnetic) tape** ध्वनि अंकित करने का विद्युत्-चुंबकीय फ़ीता; 6 *comb*: **tape-recorder** चुंबकीय फ़ीते पर ध्वनि अंकित करने का यन्त्र, ध्वनि-अंकित्र, फ़ीता-लेखित्र; ~**worm** (ख़ुराक की नाली में पाया जाने वाला) फ़ीता-कृमि

tape^2 *vt* 1 फ़ीता लगाना, 2 फ़ीते से बांधना, 3 फ़ीते से जोड़ना, 4 **to get, have, s.o. taped** (*sl*) किसी की योग्यता आदि की थाह लेना, किसी को अच्छी तरह समझना

taper टेपर *n & vt & i* पतली मोमबत्ती; *vt & i* to ~ (off) (एक सिरे की ओर) क्रमश: पतला करना या पतला होता जाना, गावदुम बनाना या हो जाना [The upper part ~s (off), is ~ed (off), to a point]; क्रमश: कम करते या होते जाना [The rain will ~ off to a drizzle]; ~**ing** *a* गावदुम, शुण्डाकार

tapestry टैपिस्ट्रि *n* दीवार को ढकने या सजाने या फ़र्नीचर पर मढ़ने का कपड़ा, पर्दों का कपड़ा, पर्दा

tapioca टैपि-ओक: *n* कसावा (see cassava) की सूजी, टैपियोका

tapir टेपर, टेपिअर *n* सूअर-जैसा थूथनदार स्तनपायी पशु-विशेष, टेपियर

tapis F टैपी, टैपिस *n* (of subject) **to be,**

come, on the ~ विचाराधीन होना, पर विचार होना

tapotement ट-पोट्मन्ट *n* (*med*) मालिश की थपक या थपथपी

tar टार *n* & *vt* 1 तारकोल, डामर, अलकतरा, 2 ~ **macadam** = tarmac^1; *vt* 1 तारकोल लगाना या बिछाना, **to** ~ **and feather s.o.** (दंड देने या अपमानित करने के लिए) तारकोल पोत कर पंखों से ढक देना; **2** They are all **tarred with the same brush** *or* **stick** वे एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं, सब में एक-से दोष या त्रुटियां हैं

tar(r)adiddle टैर-डिडल *n* (*colloq*) झूठ, गप

tarantella टैरन्-टे॑ल: *n* इटालियन नृत्यविशेष (के लिए संगीत)

tarantism टैरन्-टिज़म *n* नृत्योन्माद

tarantula ट-रैन्ट्युल: *n* दक्षिण यूरोप की बड़ी मकड़ी (जिस का डंक नृत्योन्माद का कारण माना जाता था)

tardigrade टार्डिग्रेड *a* & *n* मन्दगामी (पशु)

tardily टार्डिलि *adv* (f. foll) धीमी गति से, देर कर के, देर से; **tardiness** *n* धीमापन, सुस्ती

tardy टार्डि *a* **1** धीमी चाल वाला, धीमा, ढीला, सुस्त, मट्ठर, पीछे रह जाने वाला, **2** देर से आने या होने वाला, विलंबित [~ reform, retribution, etc], **3** अनिच्छुक

tare^1 टे॑अर *n* मोठ

tare^2 *n* & *vt* **1** डब्बे आदि में भरी वस्तु बेचते समय ख़ाली डब्बे के भार के बराबर दी जाने वाली छूट, ख़ाली डब्बे का भार [allowance for ~], **2** ख़ाली मोटर-गाड़ी का भार, *vt* **1** (ख़ाली डब्बे का) घड़ा करना, **2** ख़ाली गाड़ी का वज़न करना

target टार्गिट *n* & *vt* **1** बन्दूक आदि का निशाना लगाने का वह तख़्ता जिसके मध्य में काला निशान या चांद होता है, लक्ष्यपट्ट, **2** *fig* लक्ष्य, निशाना [export, savings, ~]; (of person etc) पात्र, लक्ष्य [to be the ~ **of** *or* **for** ridicule, scorn, etc]; **3** ~ area लक्ष्य क्षेत्र, ~ figure लक्ष्य अंक या संख्या, ~ **date** नियत तिथि (जब तक कोई काम पूरा हो जाना चाहिए); ~ **practice** चांदमारी, *vt* लक्ष्य या निशाना बनाना [The missiles are ~ed **on** the enemy positions]

tariff टैरिफ़ *n* & *vt* **1** आयात-निर्यात कर, सीमाशुल्क, **2** सीमाशुल्क सूची; **3** किसी प्रकार का शुल्क या मूल्य या भाड़ा, दर; शुल्कसूची, दर-सूची [railway, telegraph, refreshment-room, ~]; **4 preferential** ~ रियायती आयात-कर; ~ **wall** सीमाशुल्क के कारण विदेश-व्यापार में बाधा, सीमाशुल्क की दीवार; *vt* **1** (विभिन्न प्रकार के माल की) शुल्कसूची बनाना, **2** (माल पर) शुल्क लगाना

tarlatan टार्लटन *n* अकड़ी हुई महीन मलमल

tarmac टार्मैक *n* **1** (सड़क बनाने की) तारकोली रोड़ी, **2 the tarmac** (i) विमान की धावन-पट्टी या उड़ान-पट्टी, (ii) विमान पर चढ़ने का प्लेटफ़ार्म

tarn टार्न *n* छोटी पहाड़ी झील

tarnish टार्निश *vt* & *i* & *n* **1** चमक कम या दूर करना, मलिन करना, बदरंग करना, **2 to** ~ **the reputation of s.o.** के नाम पर बट्टा लगाना, पर कलङ्क लगाना; to ~ the image of की छवि बिगाड़ना; *vi* चमक कम होना या जाती रहना [Stainless steel does not ~ easily]; मैला होना, *n* **1** (धातु आदि पर जमने वाली) मैल, धब्बा, **2** कलङ्क

taro टारो *n* (*pl* ~s) कचालू, अरवी

tarpaulin टार्-पॉलिन *n* तिरपाल

tarry^1 टारि *a* (f. tar) **1** तारकोल का; तारकोलयुक्त, तारकोली, **2** तारकोल-जैसा

tarry^2 टैरि *vi* & *t* (*liter*) **1** ठहरना, टिकना, बसेरा करना [to ~ **at, in,** a place], **2** प्रतीक्षा करना [to ~ **for** s.o.], **3** देर करना या लगाना, देर से आना

tarsal टार्सल *a* (f. foll) **1** टख़ने का [~ bones], **2** नेत्रच्छदाश्रय का

tarsus टार्सस *n* (*pl.* **tarsi** टार्साइ) **1** टख़ना, गुल्फ, गुल्फिका, **2** पलक को जोड़ने वाली चीज़, नेत्रच्छदाश्रय, **3** (कीट की) पिंडली

tart^1 टार्ट *a* **1** तीखा, चरपरा, चटपटा; खट्टा, अम्ल-जैसा, **2** चुभता हुआ, तीखा, कटु [a ~ rejoinder]

tart^2 *n*, *vt* & *i* **1** समोसा (जिसमें काटे हुए फल भरे हों), पेस्ट्री (जिस पर मुरब्बा लगा हो), **2** *sl* कुलटा, छिनाल; *vt* & *i* (*colloq*) to ~ **up** (वेश्या की भांति) भड़कीले कपड़ों से सजाना या सजना; *fig* चुस्त-चालाक बनाना या बनना

tartan टार्टन *n* (ऊनी) चारख़ाना

tartar^1 टार्टर *n* **1** *chem* शराब के पीपे में जमने वाली पपड़ी, **2** दांत की मैल

Tartar^2 *n* **1** तातारी (तुर्क, कज़्ज़ाक आदि), **2** बर्बर, वहशी आदमी; लड़ाकी औरत, कर्कशा; **3 to catch a** ~ अपने से अधिक बलशाली या ज़बरदस्त शत्रु से पाला या वास्ता पड़ना

Tartarus टार्टरस *n* (*Gk. myth*) दण्ड भोगने का स्थान, नरक

task^1 टास्क *n* **1** अपने को सौंपा गया काम, स्वेच्छा से लिया गया काम; कार्य, कर्तव्य; **2** स्कूल से मिला काम, स्कूल का काम, **3 to take s.o. to** ~ **for sth** किसी बात के लिए किसी को डांटना (और पूछना कि तूने ऐसा क्यों किया), भर्त्सना करना, ख़बर लेना, **4** ~ **force,** ~ **group,** कार्यविशेष के लिए संगठित दल या टुकड़ी, कृतिक दल या टुकड़ी, **5** ~**master** ख़ूब काम लेने वाला मालिक या अफ़सर (fem. ~**mistress**), hard ~**master** निष्ठुरता से काम लेने वाला, कठोर अधिकारी;

6 **~work** (U.S.) = piece-work

task^{2} *vt* 1 काम सौंपना या लादना, काम लेना, 2 भार या दबाव डालना [to ~ s.o.'s powers, intellect, etc]

Tass टैस *n* रूसी समाचार-एजंसी, तास

tassel^{1} टैसल *n* & *vt* (-ll-) 1 फुंदना, झब्बा, 2 (अनाज की) बाल का सिरा; बल्लर, वल्लर, 3 (पुस्तक में निशानी के लिए लगा) फ़ीता; *vt* 1 फुंदना लगाना, 2 (अनाज की बालों के) बल्लर काटना; **~led** *a* फुँदनेदार [~led fringe]

tassel^{2} *n* कड़ी के सिरे को टिकाने के लिए लकड़ी या पत्थर का छोटा टुकड़ा, पाया

taste^{1} टेस्ट *n* 1 स्वाद, ज़ायका, **to leave a bad** *or* **nasty ~ in the mouth** (*fig*) अच्छा न लगना, बुरा लगना, से घृणा होना, 2 रसना, जिह्वा, 3 (खाद्य वस्तु आदि का) तनिक नमूना [He gave us a ~ of his ill nature], 4 रुचि, अभिरुचि, पसन्द, Tastes differ भिन्नरुचिर्हि लोकः; शौक़ [to have a ~ **for** music, painting, etc]; to acquire a ~ for sth किसी चीज़ के लिए अभिरुचि पैदा करना; अच्छा लगने लगना; रुचि के अनुकूल होना [to find sth **to** one's ~]; **Add sugar to ~** जितनी चीनी आपको स्वाद (या ठीक) लगे उतनी डालिए; 5 कला आदि का सौष्ठव पहचानने की योग्यता, **a man of ~** सुरुचिसम्पन्न, कलामर्मज्ञ, **सौन्दर्यपारखी; in good ~** जो अच्छा लगे, उपयुक्त, सुरुचिपूर्ण; **in bad ~** जो बुरा लगे, भद्दा, कुरुचिपूर्ण; **~ful** *a* 1 स्वादु, स्वादिष्ट, मज़ेदार, 2 सुरुचिपूर्ण; **~fully** *adv* सुरुचिपूर्ण ढंग से [~fully decorated]; **~less** *a* 1 बेस्वाद, नीरस, फीका, 2 सुरुचिहीन, कुरुचिपूर्ण, भद्दा, बेढंग।

taste^{2} *vt* & *i* 1 चखना, तनिक खाना या पीना, खा या पी कर देखना, 2 अनुभव या अनुभूति होना, चखना, मज़ा लेना [to ~ happiness, power, success]; 3 *vi* स्वाद होना [to ~ well]; to ~ of का स्वाद होना, की गंध या बू होना [to ~ of mint, garlic, etc; also *fig*]

taster टेस्टर *n* 1 चखने वाला, चाखा; wine-~ **शराब** चखने का छोटा प्याला, 2 *fig* पांडुलिपि का गुण-दोष बताने वाला [copy-~]

tasty टेस्टि *a* (*colloq*) स्वादु, स्वादिष्ट, ज़ायकेदार, मज़ेदार, रुचिवर्द्धक

tat टैट *vi* & *t* गूँथना, गूँथ कर बनाना

ta-ta टै-टा *int.* (childish or *colloq*) विदा!

tatter टैटर *n* (usu. in *pl*) काग़ज़ या कपड़े आदि की धज्जी, चिथड़ा; **in ~s** चिथड़े हुआ हुआ; **to tear sth to ~s** चिथड़े करना, धज्जियां उड़ाना (also *fig*); **tatterdemalion** चिथड़े पहने हुए, चिरकुटिया, गुदड़िया; **~ed** *a* (of dress) चिथड़े हुआ हुआ, चिथड़े-चिथड़े, जीर्ण-शीर्ण

tatting टैटिङ्ग *n* (f. tat) झालर (गूंथने का काम)

tattle टैटल *vi* & *t*, *n* 1 गपशप करना, बक-बक करना, 2 चुग़ली करना; *n* गप-शप, बक-बक; चुगली, परोक्षनिन्दा; **tattler** *n* 1 गप्पी, बातूनी, 2 भेद खोलने वाला; चुग़लखोर

tattoo^{1} ट-टू *n* & *vi* 1 (सैनिकों को बारकों में बुलाने के लिए) रात के समय ढमढम होना या बिगुल बजना, ढमढम-संकेत या बिगुल-संकेत; **to beat** *or* **sound the ~** ढमढम करना या बिगुल बजाना; 2 (मनोरंजन के लिए) बाजे-गाजे के साथ सैनिकों का मार्च, सैनिक-समारोह [torchlight ~]; *vi* जल्दी-जल्दी या बार-बार खटखट या ठक-ठक करना

tattoo^{2} *vt* & *n* त्वचा पर फूल-पत्ते बनाना, गोदना, *n* गोदना

taunt^{1} टॉन्ट *n* & *vt* ताना, बोली, व्यंग्य, कटाक्ष [She endured the ~s of his relatives]; *vt* ताना देना, बोली मारना, व्यंग्य करना; to ~ s.o. with sth किसी को किसी बात का ताना देना

taunt^{2} *a* (of mast) ऊंचा

taurine टॉराइन *a* (f. taurus) 1 बैल-जैसा, 2 गोजातीय, 3 वृष-राशि का; **Taurus** टॉरस *n* वृष राशि

taut टॉट *a* 1 (of rope etc) तना हुआ, कसा हुआ, ~ nerves तनी हुई तन्त्रिकाएं, 2 (of ship) अच्छी हालत में, ठीक-ठाक, 3 तनावपूर्ण; **~en** *vt* & *i* तानना या तनना; तनावपूर्ण बनाना या बनना

tauto- *in comb*: वही, तदेव

tautological टॉट-लॉजिकल *a* (f. foll) पुनरुक्त

tautology टॉ-टॉल-जि *n* वही बात अनावश्यक रूप से दूसरे शब्दों में दोहराना, पुनरुक्ति(-दोष), पुनरुक्तता, *e.g.* They arrived one after the other in succession

tavern टैवर्न *n* (*liter*) सराय (जहां शराब भी मिलती हो)

taw^{1} टॉ *vt* (खाल को) फिटकिरी और नमक के घोल में डाल कर मुलायम करना, सिझाना, कमाना [to ~ **the** hides]

taw^{2} *n* 1 गोलियों का खेल, 2 (कांच आदि की) गोली, अण्टा

tawdry टॉड्रि *a* & *n* 1 भड़कीला किन्तु घटिया, झूठी चमक-दमक वाला, तड़क-भड़क का, शोख़ [~ jewellery, dress], 2 (of style) आडम्बरपूर्ण, अलङ्कारबहुल, *n* भड़कीली वेशभूषा, भड़कीले वस्त्राभूषण

tawer टॉ-अर *n* (f. taw^{1}) चर्मशोधक; **tawery** टॉ-अरि *n* 1 चर्मशोधन, 2 चर्मशोधशाला

tawny टॉनि *a* लाल-भूरा, पीला-भूरा, पिङ्गल, कपिल, कपिश

taws(e) टॉज़ *n* *sing* or *pl* (Sc.) (बच्चों को दंड देने का) कोड़ा

tax^{1} टैक्स *n* 1 कर, महसूल, चुंगी, टैक्स, 2 (किसी पर लादा गया) बोझ, भार [to be a ~

on s.o., **on** s.o.'s energies], 3 *comb*: **~-collector** कर-समाहर्ता, **~-dodger**, **~-evader** चालाकी से टैक्स से बचने वाला, कर-वंचक, टैक्स-चोर; **~-free** करमुक्त, **taxpayer** करदाता; **~ return** (टैक्स के लिए) आय-विवरण

tax^2 *vt* **1** (व्यक्ति या वस्तु पर) कर या टैक्स लगाना, **2** भार या बोझ डालना [to ~ s.o.'s resources, memory, etc]; परीक्षा करना, आज़माना, थकाना [to ~ s.o.'s patience], **3 to ~ s.o. with (doing)** sth किसी पर किसी बात का आरोप या दोष लगाना [He was ~ed with neglect of his duty]

taxable टैक्स-बल *a* कर लगाने योग्य, करयोग्य, करदेय

taxation टैक्-सेशन *n* **1** कर लगाना, करनिर्धारण, कराधान [the ~ authorities], **2** कर, टैक्स

taxi^1 टैक्सि *n* **1** **~(-cab)** किराये की मोटर गाड़ी, टैक्सी, **2** **~-driver**, **~-man** टैक्सी-चालक, **~meter** टैक्सी का (भाड़ा बताने का) मीटर, **3** **~-rank** टैक्सियों का अड्डा

taxi^2 *vi & t* (~ed; ~ing *or* taxying) **1** गाड़ी में आना-जाना या ले जाना, टैक्सी करना, **2** (of aircraft) (उड़ान भरने से पहले या उतरने के बाद) धावनपट्टी पर दौड़ना

taxidermist टैक्सिडर्मिस्ट *n* पशु-पक्षियों की खाल में भूसा आदि भर कर उन्हें जीवित-सी आकृति देने वाला, चर्मपूरक; **taxidermy** टैक्सिडर्मि *n* खाल को जीवित पशु-सी आकृति देने की कला, चर्मपूरण

taxis टैक्सिस *n* **1** *surg* (अवयवों को यथास्थान करने के लिए) हाथों से डाला गया दबाव; **2** (*gram, rhet*) क्रम, विन्यास

taxonomy टैक्-सॉन-मि *n* (esp in *biol*) **1** वर्गीकरण, **2** वर्गीकरणविज्ञान

tea टी *n & vi & t* **1** चाय (पौधा या पत्ती), चाय (का काढ़ा), (तैयार) चाय; **2** *comb*: **~-chest** चाय की पेटी, **~-cosy** चायदानी का गिलाफ़, टिकोज़ी, **~-garden** (i) चाय-बागान, (ii) गाहकों को चाय पिलाने का बाग या पार्क, **~-house** (वि० चीन, जापान में) चाय की दुकान, चायशाला, **~-party** चाय-पार्टी, चाय-पानी; **~-plantation** चाय-बागान, **~-planter** चाय-बागान का मालिक; **~-pot** चायदानी, **teapoy** (वि० चाय की) तिपाई, **~-set** (चायदानी, प्याले आदि) चाय के बर्तन; **~-spoon** छोटा चम्मच; **~-things** चाय के बर्तन आदि; *vi* चाय पीना [we tea at 4], *vt* किसी को चाय देना या पिलाना [to ~ s.o.]

teach टीच *vt & i* (taught) **1** सिखाना, सिखलाना, शिक्षा देना, पढ़ाना [to ~ s.o. a subject, an art, sth]; **2 to ~ s.o. (how) to do sth** किसी को कोई काम करने का ढंग सिखाना, **3** सीख देना [This will ~ you to speak the truth], *colloq* डरा-धमका कर किसी काम से रोकना, सिखाना [I will ~ him to meddle in my affairs]; **to ~ s.o. a lesson** किसी को सबक सिखाना, मज़ा चखाना, **4** *vi* अध्यापन करना; **~able** *a* **1** जल्दी सीख जाने वाला, **2** (विषय आदि) जो पढ़ाया या सिखाया जा सके, पढ़ाने योग्य, पाठ्य

teacher टीचर *n* अध्यापक, शिक्षक, गुरु; उपदेशक

teaching टीचिङ्ग *n* **1** अध्यापन(-कार्य), शिक्षण, **2** शिक्षा, उपदेश [the ~s of the Gita, of Vivekananda); **3** **~-machine** अध्यापन-यन्त्र

teak टीक *n* सागौन (पेड़, इसकी लकड़ी)

teal टील *n* (*pl.* same) मुर्गाबी

team^1 टीम *n* **1** (बैलों, घोड़ों आदि की) जोड़ी, **2** (एक पक्ष के खिलाड़ियों का) दल, मंडली, टीम, **3** **~ spirit** दल के (न कि व्यक्तिगत) हित के लिए काम करने की भावना, सहयोग की भावना, दल-निष्ठा; **~-work** मिल-जुल कर करने का या किया हुआ काम; सहयोग से होने वाला काम, सहयोग का काम

team^2 *vt & i* **1** (बैलों, घोड़ों की) जोड़ी को जोतना, **2** *vi* **to ~ (up) with** s.o. किसी के साथ मिल कर काम करना

teamster टीम्स्टर *n* जोड़ी हांकने वाला

tear^1 टेॅअर *vt & i* (tore, torn) **1** फाड़ना [He tore up the letter; tore out a page]; चीरना, विदीर्ण करना to ~ sth **in half, in two** (फाड़ कर) दो टुकड़े करना; **to tear sth to pieces** टुकड़े-टुकड़े करना; to ~ a hole in sth छिद्र करना; **2** *fig* फूट डालना; The country was torn by civil war देश में गृहयुद्ध की आग भड़क रही थी, **3** उखाड़ना, **नोचना**; to tear one's hair क्रोध या निराशा में अपने बाल नोचना, **4** *vi* फटना, चिरना; **5 to tear along** (*colloq*) तेज़ी से जाना, **6** (with *prepp*) to ~ **away** बलपूर्वक अलग करना, छीनना; to ~ **oneself away** (दृश्य या वस्तु आदि का प्रबल आकर्षण रहते भी) वहां से हट जाना, छोड़ना, हिलना [I could not ~ myself away from the scene]; to ~ **down** (i) फाड़ना; ढहाना, गिराना; (ii) तेज़ी से दौड़ना [The **horses** tore down the street]; to ~ **off** फाड़ना, फाड़ कर अलग करना, to ~ **out** खसोटना, नोचना, निकाल लेना [to ~ s.o.'s eyes out]; 7 *comb*: **~away** *a* जल्दबाज़, उतावला, अविवेकी; *n* लड़ाका आदमी, गुंडा; **~-sheet** पत्र-पत्रिका से फाड़ा हुआ पृष्ठ जो विज्ञापन-दाता को यह बताने के लिए भेजा जाता है कि उसका विज्ञापन छाप दिया गया है, विलग्न पृष्ठ

tear^2 *n* **1** (in cloth) चीर, खोंच, फटन, **2** छिद्र, दरार

tear^3 टिअर *n* **1** **~(-drop)** आंसू, अश्रु; **to shed ~s** आंसू बहाना, आंसू गिराना, **in ~s**

रोता हुआ, without ~s सरल रूप में प्रस्तुत (ताकि आसानी से समझा-सीखा जाए); 2 *comb*: ~-bomb. ~-shell अश्रु-बम, अश्रुगोला; ~-gas अश्रुगैस; 3 ~ful *a* 1 रोता हुआ, 2 (of event, news) करुण, दुःखद, दुःखभरा

tearing टे᳴अरिङ्ग *a* 1 (f. tear^1) (*colloq*) उग्र, प्रचण्ड, भयङ्कर [~ rage], 2 at a ~ pace बड़ी तेज़ी से; in a ~ hurry बड़ी जल्दी या उतावली में

tease टीज *vt* 1 मज़ाक में या शरारत से किसी को तंग करना, चिढ़ाना; छेड़ना, छेड़-छाड़ या छेड़खानी करना [Eve-teasing], 2 (U.S.) साग्रह मांगना, बहुत पीछे पड़ना [to ~ s.o. for sth, to do sth]. 3 (ऊन, सन आदि) धुनना, तूमना, 4 (कपड़े पर) रोएँ उठाना

teasel, -zel, -zle टीज़ल *n* & *vt* 1 विलायती गोखरू, 2 रोएँ उठाने की मशीन, *vt* (कपड़े पर) रोएँ उठाना

teaser टीज़र *n* 1 छेड़ने वाला, छेड़खानी करने वाला, 2 *colloq* कठिन प्रश्न या समस्या, कठिन या टेढ़ा काम

technic टे᳴क्निक *n* 1 = technique, 2 (in *pl*) ~s औद्योगिकी, टेक्नालोजी; 3 (in *pl*) पारिभाषिक शब्दावली, तकनीकी ब्योरा, तकनीकी विधि

technical टे᳴क्निकल *a* 1 कला या शिल्प या विज्ञान से संबंधित; तकनीकी, शिल्पीय, ~ school तकनीकी विद्यालय; ~ education तकनीकी शिक्षा; ~ skill कारीगरी, कौशल, 2 ~ **terms** पारिभाषिक शब्द या शब्दावली, 3 विधि संबंधी, प्रक्रिया-संबंधी, ~ difficulty विधि-सबंधी कठिनाई; judgment quashed on a ~ point प्रक्रिया-संबंधी त्रुटि के कारण रद्द किया गया फ़ैसला; ~ **hitch** यान्त्रिक ख़राबी के कारण विघ्न; ~ **offence** अज्ञानकृत अपराध, मामूली अपराध (जो कानून की दृष्टि से ही अपराध हो)

technicality टे᳴क्नि-कैलिटि *n* 1 विधिसंबंधी या प्रक्रियासंबंधी या प्राविधिक बारीकी, legal technicalities कानूनी बारीकियां, 2 पारिभाषिक शब्द; मामूली अन्तर या भेद

technician टे᳴क्-निशन *n* मिस्त्री, शिल्पज्ञ, शिल्पी, प्रविधिज्ञ

technicolor टे᳴क्नि-कलर *n* रंगीन चलचित्र बनाने की विधि, *fig* शोख़ रंग, कृत्रिम चमक-दमक; ~**ed** *a* रंगीन

technique टे᳴क्-नीक *n* 1 कला या शिल्प की विधि, शिल्पविधि, प्रविधि, तकनीक, 2 कला या शिल्प में प्रवीणता, 3 (किसी काम का) ढग, तरीका, विधि, चतुराई

technocracy टे᳴क्-नो᳴क्रसि *n* देश के औद्योगिक साधनों का प्रबन्ध उद्योगशास्त्रियों और इंजीनियरों के हाथ में होना, तकनीकीतन्त्र

technocrat टे᳴क्नक्रैट *n* तकनीकविद्; तकनीकीतन्त्री

technological टे᳴क्न-लो᳴जिकल *a* प्रौद्योगिक; **technologist** टे᳴क्-नो᳴ल-जिस्ट *n* उद्योगविशेषज्ञ, उद्योगविज्ञानी, शिल्पवैज्ञानिक

technology टे᳴क्-नो᳴ल-जि *n* औद्योगिक उत्पादन का विज्ञान, उद्योगविज्ञान, औद्योगिकी, प्रौद्योगिकी

tectonic टे᳴क्-टो᳴निक *a* & *n* 1 निर्माणसंबंधी, रचनासंबंधी, वास्तुकलासंबंधी, 2 *geol* धरती की ऊपरी पथरीली परत का; इस परत की रचनासंबंधी परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण होने वाला, विवर्तनात्मक, विवर्तनिक; **techtonics** *n* 1 सुन्दर भवन, बर्तन तथा फ़र्नीचर आदि बनाने की विद्या, स्थापत्य आदि, 2 *geol* बनावट, संरचना

tectorial टे᳴क्-टॉरिअल *a* ढकने वाला, परिच्छात्मक, आच्छादक, ~ membrane (of the ear) छादक झिल्ली

tectrix टे᳴क्ट्रिक्स *n* (*pl.* -**rices**) (पक्षी का) आच्छादक पंख

ted टे᳴ड *vt* (-dd-) (घास को सुखाने के लिए) लोट-पोट करके फैलाना

Teddy bear टे᳴डि बे᳴अर *n* खिलौना भालू

Te Deum L टी डीअम; टेडेअम *n* ईश्वर-स्तुति; धन्यवाद का भजन

tedious टीडिअस *a* 1 थका देने वाला [~ work]; 2 उकता देने वाला, उबाऊ, अरुचिकर [~ discourse, tale]; ~**ness** *n* 1 थकाऊपन, उबाऊपन, 2 थकावट, उकताहट, ऊब

tedium टीडिअम *n* = tediousness

tee^1 टी *n* T के आकार की नली या पाइप, दुकोना पाइप

tee^2 *n* & *vt* & *i* 1 कोइट (see quoit) या बोल्स (bowls) आदि खेलों में गेंद मारने का लक्ष्य या निशाना; 2 (golf) गेंद को पहली हिट मारने की घासरहित साफ़ जगह; रेत की ढेरी या लकड़ी का टुकड़ा जिस पर रख कर गेंद को हिट मारते हैं, टी; *vt* गेंद को टी पर रखना, *vi* to tee **off** टी से खेल शुरू करना; *fig* आरंभ करना

teem टीम *vi* 1 से भरा होना, की भरमार होना [The forest ~s **with** snakes]; his brain is ~ing **with** new ideas उसके मस्तिष्क में नये-नये विचार उठ रहे हैं; 2 प्रचुर या भरपूर होना [fish ~ in this pound]; ~**ing** *a* खचाखच भरा हुआ, जहां बहुत भीड़-भाड़ हो [~ing streets]; ~ing crowd असंख्य जनसमुदाय

teem^2 *vt* (*tech*) 1 (पात्र, छकड़ा आदि) ख़ाली करना, 2 (कोयला, पिघली धातु) उडेलना

teens टीन्ज़ *n* (= age from thirteen to nineteen), **to be in one's ~s** किशोरावस्था में होना, अल्पवयस्क होना; to be **out of one's ~s** १९ वर्ष से अधिक का होना, वयस्क होना; **teenage** टीनेज *a* किशोरावस्था के उपयुक्त [teenage fashions]; **teenager** *n* किशोर, किशोरी

teeny(-weeny) टीनि(-व़ीनि) *a* (*colloq*) बहुत छोटा

tee shirt टी-शर्ट =T-shirt (see *abbrs.*)

teethe टीद *vi* बच्चे के दांत निकलना

teething टीदिङ्ग *n* दांत निकलना; ~ **troubles** (*fig*) (उद्योग आदि में) आरंभिक कठिनाइयां

teetotal टी-टोटल *a* 1 मद्यत्याग का, मद्यत्याग-संबंधी [~ pledge, meeting]; 2 (U.S. *colloq*) =total पूरा; ~**lism** *n* चाय या मदिरा आदि हर प्रकार के नशे का त्याग, मद्यत्याग; ~**ler** *n* चाय या मदिरा आदि का त्याग करने वाला, मद्यत्यागी

teetotum टी-टोटम *n* लट्टू; **like a** ~ चक्कर खाता या घूमता हुआ

tegular टॅग्युलर *a* खपरैल-जैसा, खपरैल का

tegument टॅग्युमन्ट *n* 1 (प्राणी के अंग का) आवरण, अध्यावरण, आच्छद, 2 त्वचा; ~**al**, ~**ary** *aa* आच्छादक; आच्छादनसंबंधी

tehee टीही *n* & *vi* दबी हुई या घृणासूचक हंसी (हंसना), ही-ही (करना)

telaesthesia टॅलिस्थीज़िअ *n* (*psych*) दूरवर्ती पदार्थों या घटनाओं को हस्तामलकवत् देख पाना, योगदृष्टि

telamon टॅल-मन *n* (*pl* ~es) *archit* स्तंभ-धारी पुरुषाकृति, पुरुषस्तंभ (cf. caryatid)

telecamera टॅलिकॅमरः *n* दूरदर्शन-कॅमरा

telecast टॅलि-कास्ट *n* & *vt* 1 दूरदर्शन द्वारा प्रसारित कार्यक्रम, 2 (*vt*) दूरदर्शन से प्रसारित करना, दूरदर्शित करना

telecommunication टॅलि-कम्यूनि-केशन *n* 1 टेलीफोन या तार या रेडियो द्वारा संदेशवाहन, दूर-संवाद, दूरसंचार, (in *pl*) (i) दूरसंचार के साधन, दूरसंचारव्यवस्था; 2 (ii) दूरसंचारविज्ञान

telegony टि-लॅगनि *n* (*biol*) स्त्री के दूसरे पति से होने वाली सन्तान में पहले पति के से लक्षण, पूर्वपुंसंस्कार

telegram टॅलिग्रैम *n* तार (-सन्देश), टेलीग्राम

telegraph टॅलिग्राफ़ *n*, *vt* & *i* 1 तार-संदेश भेजना, तारप्रेषण; 2 तार भेजने का यन्त्र, तारयन्त्र, 3=semaphore, 1; *vt* तार देना, तार भेजना; ~**ic** *a* 1 तार का, तार द्वारा भेजा हुआ, 2 (तार-जैसा) संक्षिप्त; ~**ic address** तार का पता; ~**y** *n* तार द्वारा सन्देशवाहन, तारपद्धति

teleologic(al) टॅलिअ-लॉजिक(ल) *aa* (f. foll) उद्देश्यवादसंबंधी; उद्देश्यमूलक; प्रयोजनपरक

teleology टॅलि-ऑल-जि *n* 1 यह सिद्धान्त कि घटनाएं कोई (अज्ञात) उद्देश्य या प्रयोजन सिद्ध करने के लिए घटित होती हैं, घटनाओं की सोद्देश्यता का सिद्धान्त, उद्देश्यवाद, प्रयोजनवाद, 2 सोद्देश्यता

telepath टॅलिपैथ *n* परचित्तज्ञानी, दूरसंवेदी

telepathic टॅलिपैथिक *a* (f. foll) परचित्तज्ञान का, दूरसंवेदन का

telepathy टिलॅपथि *n* मानसिक शक्ति द्वारा दूरस्थ व्यक्ति को अपनी भावनाओं से अवगत कराना, दूरसंवेदन; दूरस्थ व्यक्ति की भावनाओं को जान लेना, परचित्तज्ञान

telephone टॅलिफ़ोन *n* & *vt* & *i* दूरभाष, टेलीफ़ोन, फ़ोन, Are you **on the** ~? क्या तुम्हारे यहां टेलीफ़ोन है? **over the** ~ टेलीफ़ोन पर, टेलीफ़ोन से; *vt* & *i* टेलीफ़ोन (से बात) करना

telephonic टॅलि-फ़ॉनिक *a* टेलीफ़ोन-संबंधी; टॅलिफ़ोन से बताया या भेजा हुआ, टेलीफ़ोन का [~ message]

telephony टि-लॅफ़नि *n* 1 टेलीफ़ोन-विद्या, 2 टेलीफ़ोन-पद्धति

telephotography टॅलि-फ़-टॉग्रफ़ि *n* (दूरबीन और कॅमरे के द्वारा) दूरस्थ पदार्थ का फ़ोटो लेना, दूरचित्रण

teleprinter टॅलिप्रिन्टर *n* दूरी पर तार-सन्देश टाइप करने का यन्त्र; टेलीप्रिंटर

telescope टॅलिस्कोप *n* & *vt* & *i* दूरबीन, दूरवीक्षणयन्त्र, दूरदर्शक; (*vt*) (धातु की नाली के खण्डों, टकराती रेलगाड़ियों के डिब्बों को) एक-दूसरे के अन्दर धँसा देना; *vi* (डिब्बों आदि का) एक दूसरे के अन्दर धँसा देना; *vi* (डिब्बों आदि का) एक-दूसरे के अन्दर चला जाना [In the collision, three bogies telescoped]

telescopic टॅलिस्-कॉपिक *a* 1 दूरबीन द्वारा किया हुआ, दूरबीनी [~ observations], 2 दूरबीन द्वारा ही दृश्य [~ stars], 3 परस्पर धंसने वाले खण्डों का बना हुआ, धँसवां [~ leg of a tripod; ~ umbrella]

teletype टॅलिटाइप *n*=teleprinter

teleview टॅलिव्यू *vt* दूरदर्शन-सेट पर देखना

televise टॅलिवाइज़ *vt*=telecast

television टॅलिविश्ज़न *n* शब्द तथा रूप का प्रसारण, रूपवाणी प्रसार, दूरदर्शन

telex टॅलॅक्स *n* & *vt* टेलीप्रिन्टर के द्वारा तार (-सन्देश) भेजने की प्रणाली, टॅलेक्स (सन्देश); *vt* टेलीप्रिण्टर से संदेश भजना, टॅलेक्स करना [f. teleprinter+exchange]

tell टॅल *vt* & *i* 1 कहना, बताना, सुनाना [to ~ a story]; **to** ~ **its own tale** स्वतः स्पष्ट होना; **to** ~ **the world** सब को बता देना, खुल्लमखुल्ला कहना; **to** ~ **the time** (घड़ी देख कर) वक्त बताना; to ~ a secret रहस्य बताना, भेद खोलना; **I tell you what!** सुनो ! (मैं यह कहता हूं कि · · ·); **You are telling me!** (*sl*) अरे! मैं तो यह जानता ही हूं, (मुझे बताने की जरूरत नहीं है). 2 बताना, चर्चा करना, वर्णन करना [He told me **of**, **about**, his difficulties], 3 जानना, समझना, निश्चय कर पाना, **You never can** ~ कोई कुछ नहीं कह सकता, कुछ नहीं कहा जा सकता, कुछ नहीं पता लगता, 4 भेद करना [to ~ right from wrong]; (अन्तर) पहचानना [You can't

~her from her sister], 5 कहना, आदेश देना [to ~ s.o. to do sth], 6 गिनना [to ~ votes; he ~s (over) his money every night]; **all told** कुल मिला कर [There were ten people all told], 7 **to ~ off** काम पर लगाना, नियुक्त करना [I was told off to get fuel]; 8 (*vi*) **Time will ~** आख़िर हमें पता लग ही जाएगा, 9 प्रभाव डालना या दिखाना, असर करना [Every blow ~s], बुरा प्रभाव डालना [it ~ **upon** his health]

teller टॅ॑लर *n* 1 (*Parl*) वोट गिनने वाला, मतगणक, 2 (in bank) रुपया लेने या देने वाला, लेन-देन क्लर्क

telling टॅ॑लिङ्ग *a* 1 प्रबल, ज़बरदस्त [a ~ blow, effect]; 2 प्रभावशाली, ज़ोरदार [~ style]; ~**ly** *adv* प्रभावशाली ढंग से

tell-tale टॅ॑ल्-टेल *n* 1 दूसरों का भेद बताने वाला, चुग़लख़ोर, 2 भेद बताने वाली बात या घटना; *attrib* रहस्यसूचक, मनोभाव प्रकट करने वाला [~ blushes, signs], 3 व्यक्ति की उपस्थिति का सूचक यन्त्र; उपस्थितिसूचक

tellurian टॅ॑ल्युअ-रिअन *a* & *n* धरती का (निवासी); **telluric** टॅल्युअ-रिक *a* धरती (ग्रह) का

telpher टॅ॑ल्फ़र *n* बिजली से चलने वाला वाहन या गाड़ी [~ railway, ~ line]; ~**age** *n* विद्युत्-यान से (माल की) ढुलाई

temerarious टॅ॑म-रॅ॑अ-रिअस *a* (*liter*) 1 बेसोचे-समझे काम करने वाला, जल्दबाज़, 2 बेधड़क, दुस्साहसी

temerity टि-मॅ॑रिटि *n* दुस्साहस, धृष्टता; जल्दबाज़ी

temper^1 टॅ॑म्पर *vt* 1 (चिकनी मिट्टी को) भिगो और गूंध कर तैयार करना, 2 (इस्पात आदि धातु को बार-बार गरम और ठंडा करके) कड़ा एवं लचीला बनाना, पानी चढ़ाना, 3 नरम करना, सख़्ती कम करना [to ~ justice with mercy]; कम या हल्का करना, कुछ-कुछ ठंडा या शान्त करना [to ~ a passion, s o.'s ardour]

temper^2 *n* 1 (गारे आदि के घटकों का) उचित मिश्रण, मिश्रण से बना गाढ़ापन [~ of mortar etc], 2 (धातु का) कड़ापन एवं लचीलापन, पानी, 3 मिज़ाज, तबीयत, स्वभाव, **in a good ~** प्रसन्नचित्त, शान्त, **in a bad ~** क्रुद्ध, चिड़चिड़ा; **to keep** *or* **control one's ~** शान्त रहना, क्रुद्ध न होना; **to lose one's ~** क्रुद्ध होना, **to be out of ~** मिज़ाज बिगड़ा हुआ होना, क्रुद्ध होना; **to have a ~** क्रोधीस्वभाव या चिड़चिड़ा होना, **to show ~** चिड़चिड़ाना, 4 *comb*: bad-tempered बदमिज़ाज; mild-tempered नरम-मिज़ाज

tempera टॅ॑म्परः *n* 1 डिस्टेम्पर (distemper^2) की भांति कपड़े पर चित्र बनाने की विधि; 2 इस विधि से बना चित्र

temperament टॅ॑म्प्रमन्ट *n* 1 स्वभाव, प्रकृति, मिज़ाज, तबीयत [lymphatic, bilious, melancholic, ~], 2 *mus* (स्वर-)संस्कार; ~**al** *a* 1 स्वभाव या मिज़ाज का, 2 (of person) चचलस्वभाव, अस्थिरचित्त, झट प्रसन्न और झट नाराज़ हो जाने वाला

temperance टॅ॑म्प्रन्स *n* 1 (खाने-पीने, बोलने-चालने, व्यवहार आदि में) संयम, वाक्संयम, मिताहार, मिताचार, मर्यादा का पालन, 2 मद्यपान में संयम अथवा मद्यत्याग, मद्यनिषेध, शराबबन्दी; ~ **hotel** जहां शराब न मिलती हो, निर्मद्य होटल, ~ movement मद्यत्याग-अन्दोलन; ~ **society** मद्यनिषेध(-समर्थक) सभा

temperate टॅ॑म्प्रट *a* 1 (of person) अति न करने वाला, मर्यादा में रहने वाला, मिताचारी, मिताहारी, संयम से काम लेने वाला, संयमी, 2 (of language) संयत, मित, 3 (of climate) न बहुत गरम न बहुत ठंडा, शीतोष्ण, ~ **zone** शीतोष्ण कटिबंध

temperature टॅ॑म्प्रचर *n* 1 तापमान, 2 शरीर का भीतरी तापमान, बुख़ार; **to have, run, a ~** बुख़ार होना, to take s.o.'s ~ किसी का बुख़ार देखना; 3 *fig* (बहस आदि में) गरमागरमी

tempered टॅ॑म्पर्ड *a* 1 (see temper^1, 3); ~ steel पनिया इस्पात, 2 bad-~, mild-~ (see temper^2, 4)

tempersome टॅ॑म्पर्सम *a* जल्दी नाराज़ होने वाला, तेज़-मिज़ाज

tempest टॅ॑म्पिस्ट *n* 1 आंधी, तूफ़ान, झक्कड़, झंझावात, 2 *fig* अशांति, घबराहट, व्याकुलता, विक्षोभ

tempestuous टॅ॑म्-पॅ॑स्ट्युअस *a* 1 (of weather) तूफ़ानी, 2 (of person and mood) उग्र, प्रचण्ड, 3 (of meeting) जिसमें हुल्लड़ या शोर-शराबा मचा हो, कोलाहलपूर्ण

Templar टॅ॑म्प्लर *n* 1 *hist* बारहवीं-तेरहवीं शताब्दी में यरूशलम जाने वाले ईसाई यात्रियों की रक्षा करने वाले धार्मिक-सैनिक संगठन का सदस्य, टैम्प्लर, 2 वकील (जिसका दफ़्तर लन्दन के Temple में हो; see inn)

template टॅ॑म्प्लट = templet

temple^1 टॅ॑म्पल *n* 1 (भारतीय, ग्रीक, रोमन, मिस्री आदि देवताओं का) पूजास्थान, देवालय, मन्दिर; गिरजाघर, 2 Inner, Middle, T~ (see inn, 2)

temple^2 *n* कनपटी

temple^3 *n* करघे की एक कल (जो कपड़े को तना हुआ रखती है)

templet टॅ॑म्प्लिट *n* 1 धातु की चद्दर या लकड़ी की पटिया की बनी आकृति जिसके अनुसार धातु या पत्थर या लकड़ी को काटा जाता है, नमूना, प्रतिमान, फ़र्मा, 2 *archit* दासा

tempo टॅ॑म्पो *n* (*pl* ~s) 1 *mus* ताल, लय; 2

fig (गति की) तीव्रता, (काम की) रफ़्तार, तेज़ी [The ~ of war is quickening]

temporal^1 टॅम्परल *a* & *n* 1 *anat* (f. temple^2) कनपटी का [~ bone]; 2 *n* कनपटी की हड्डी, शंखास्थि

temporal^2 *a* 1 सांसारिक, ऐहिक, पार्थिव, दुनियावी [~ affairs, interests], 2 ~ lords कुलीनता के आधार पर बने हाउस आफ़ लार्ड्स के सदस्य अर्थात् duke, earl, baron, etc, 3 ~ power सांसारिक मामलों में पादरियों (वि॰ पोप) के अधिकार, 4 कालसंबंधी, कालिक [~ and spatial]; अल्पकालिक, अस्थायी, 5 *gram* कालवाची

temporality टॅम्प-रैलिटि *n* 1 usu in *pl* धार्मिक संस्थानों की धन-संपत्ति या आय; 2 अल्पकालिकता, अस्थायित्व

temporalty टॅम्प-रल्टि *n* (*arch*) जनसाधारण, संसारी लोग, दुनियादार

temporarily टॅम्परररि-लि *adv* अस्थायी रूप से; थोड़े समय के लिए, क्षण भर के लिए

temporary टॅम्परररि *a* 1 थोड़े समय के लिए, अस्थायी [~ appointment, officer], 2 थोड़े समय का, अल्पकालिक, क्षणिक [The improvement was but ~]

temporization टॅम्पराइ-ज़ेशन *n* 1 टाल-मटोल, 2 अवसरवादिता, 3 अस्थायी प्रबन्ध, समझौता

temporize टॅम्पराइज़ *vi* 1 उचित समय या अवसर की प्रतीक्षा करना, (उचित या अनुकूल समय आने तक) टाल-मटोल करना, 2 थोड़े समय के लिए परिस्थिति के अनुसार काम कर लेना, अवसरवादी नीति पर चलना, अवसरवादिता का सहारा लेना, 3 थोड़ी देर के लिए समझौता कर लेना; **~r** *n* 1 टाल-मटोल करने वाला, 2 अवसरवादी

tempt टॅम्प्ट *vt* 1 लुभाना, ललचाना, फुसलाना, 2 प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना, इच्छा पैदा करना [to ~ s.o. to do sth; I am ~ed to question this], 3 *arch* परीक्षा लेना, आज़माइश करना

temptation टॅम्प्-टेशन *n* 1 लोभ, लालच, प्रलोभन, to yield to ~ लालच में आ जाना, 2 लालच देना, प्रलोभन, 3 लालच देने वाली चीज़, प्रलोभन, आकर्षण

tempter टॅम्प्टर *n* 1 प्रलोभन देने वाला, फुसलाने वाला, 2 **the T~** शैतान; 3 मोहित करने वाला, 4 (fem) **temptress** टॅम्प्ट्रस *n* मोह लेने वाली स्त्री, मोहिनी

tempting टॅम्प्टिङ्ग *a* 1 लुभाने वाला, आकर्षक [~ offer], 2 (of dish) जिसे देखकर मुँह में पानी आ जाए, सुस्वादु, स्वादिष्ट

ten टॅन *a* & *n* दस, *n* 1 दस (की संख्या); 2 ताश का दहला; 3 Ten to one he'll find it out (*colloq*) लगभग निश्चित है कि उसे पता लग जाएगा; **~fold** *a* & *adv* दसगुना

tenability टॅन-बिलिटि *n* 1 प्रामाण्य, मान्यता; 2 तर्कसम्मतता, 3 रक्षणीयता, 4 धारणीयता, धार्यता

tenable टॅन-बल *a* 1 जिसे सिद्ध या प्रमाणित किया जा सके, मान्य [a ~ theory]; तर्कसंगत, तर्कसम्मत, 2 जिसका बचाव किया जा सके, रक्षणीय [a ~ position, fortress], 3 (of office etc) जिस पर कोई काम कर सके, धारणीय, धार्य [The Presidency is ~ for 5 years]

tenace टॅनस *n* (*whist*) विरोधी खिलाड़ी के किसी रंग के बड़े से बड़े पत्ते से अगले और पिछले पत्तों का जोड़ा, इक्का और बेगम; बादशाह और गुलाम

tenacious ट-नेशस *a* 1 पकड़े रखने वाला, न छोड़ने वाला [~ of one's life, property, etc], (बात पर) जमा या अड़ा रहने वाला [to be ~ of one's opinions, principles, rights]; कट्टर, हठी, हठधर्मी, आग्रही, 2 (of memory) धारणशील, धारणावती, पक्की, 3 चिपकने वाला, चिपचिपा, लगिष्णु; **~ness, tenacity** टि-नैसिटि *nn* 1 कट्टरता, हठ, आग्रह, दृढ़ता, 2 (of memory) धारणशीलता, धारणक्षमता, 3 चिपचिपापन, लगिष्णुता

tenancy टॅनन्सि *n* (f. foll) 1 काश्तकारी, पट्टेदारी, 2 किरायेदारी, 3 कब्ज़ा, दख़ल, अधिभोग, 4 पट्टेदारी या किरायेदारी की अवधि, 5 ~ law पट्टेदारी कानून

tenant^1 टॅनन्ट *n* 1 काश्तकार, मुजारा, असामी, रैयत, ~ farmer दूसरे की ज़मीन पर खेती करने वाला, असामी काश्तकार, पट्टेदार; ~ right पट्टेदार बने रहने का अधिकार, पट्टेदारी-अधिकार; काश्तकारी-अधिकार; **occupancy ~** (see occupancy); **~-at-will** ग़ैर-मौरूसी काश्तकार, 2 (मकान, दुकान का) किरायेदार; **~less** *a* बेकिरायेदार, ख़ाली

tenant^2 *vt* (भूमि) पट्टे पर लेना, (मकान) किराये पर लेना; (किराये पर ली हुई जगह में) रहना, बसना

tenantry टॅनन्ट्रि *n* (एक ही भूमि पर काम करने वाला) काश्तकार वर्ग, रैयत

tenantable टॅनन्ट-बल *a* किराये पर देने या लेने योग्य, जिसमें बसा जा सके, बसने योग्य, रहने लायक

tend^1 टॅन्ड *vi* 1 की ओर जाना [The road ~s towards the coast], 2 की ओर ले जाना, की ओर झुकाव होना [doctrine that ~s towards socialism]; 3 (परिणाम-विशेष की प्राप्ति में) सहायक होना, योग देना [~s to the success of our plan], 4 स्वभावत: (कुछ) करना, अपने आप करना या हो जाना [Woollens that ~ to shrink]

tend^2 *vt* & *i* 1 देखभाल करना, रखवाली करना [to ~ the sheep, cows, etc], निगरानी करना,

देखरेख करना [to ~ a machine], 2 परिचर्या या सेवा-शुश्रूषा करना [to ~ an invalid], 3 *vi* (वि० भोजन के समय) सेवा करना, सेवा में उपस्थित रहना [to ~ (up)on s.o.]

tendency टॅन्डन्सि *n* (f. tend^1) 1 प्रवृत्ति, रुझान, झुकाव, प्रवणता [~ towards leniency; ~ to drink], 2 (*commerc*) upward ~ बढ़ोतरी की ओर रुख़, तेज़ी का रुख़

tendentious टॅन्-डॅन्शस *a* (f. prec) 1 *derog* जिसकी तह में कोई विशेष स्वार्थपूर्ण प्रयोजन हो, सप्रयोजन, उद्देश्यसिद्धि के लिए, सोद्देश्य, साभिप्राय [~ writing, ~ novel], 2 अपने पक्ष को सत्य प्रमाणित करने के लिए कहा हुआ, पक्षपातपूर्ण [The rival parties are putting out ~ reports]

tender^1 टॅन्डर *n* 1 परिचर्या करने वाला, परिचारक; **bar~** मदिरालय का छोकरा; 2 बड़े जहाज़ के साथ-साथ जाने वाला छोटा जहाज़, उपपोत, 3 (रेल-इंजन का) ईंधन का डिब्बा, पानी की टंकी, ईंधनगाड़ी, टेंडर

tender^2 *vt* & *i* & *n* 1 पेश करना, प्रस्तुत करना [to ~ one's services]; देना [to ~ one's resignation; to ~ money], 2 *vi* टेंडर भरना, निविदा करना या देना [to ~ for sth], *n* 1 माल सप्लाई करने आदि का प्रस्ताव, निविदा, टेंडर, **to invite ~s; to put out to ~** टेंडर मांगना; **to make, put in, a ~** टेंडर भरना, 2 **legal ~** मान्य सिक्का

tender^3 *a* 1 नरम, मुलायम, कोमल [~ meat]; 2 जो तनिक स्पर्श से दुखने लगे, दुखता हुआ [~ finger, mouth, etc]; **~ spot** (*fig*) ऐसा विषय जिसके छेड़ने से कोई झट नाराज़ हो जाए, दुखती रग; **~ heart** नरम दिल, झट पिघल जाने वाला दिल, दयार्द्र या करुण हृदय; 3 (of plant etc) झट टूट जाने वाला, कोमल, नाज़ुक; (of child) सुकुमार; **of ~ age** कच्ची उम्र का, अल्पवयस्क; 4 पापभीरु [~ conscience]; 5 **~ subject** नाज़ुक विषय; 6 स्नेही [~ parents], स्नेहपूर्ण [~ verses]; 7 *comb*: **~foot** (कठिनाइयों से भरे देश में) नवगात; नौसिखिया; **~-hearted** नरम दिल का

tenderness टॅन्डरनिस *n* 1 (शरीर के अंग का) दुखता हुआ होना [~ of the finger etc], 2 कोमलता, सुकुमारता, 3 स्नेह, दया, दयार्द्रता, सहृदयता

tendinous टॅन्डिनस *a* (f. foll) स्नायु-जैसा; स्नायुमय

tendon टॅन्डन *n* 1 स्नायु, कंडरा; **Achilles ~** एड़ी को पिंडली से जोड़ने वाला स्नायु (see Achilles)

tendril टॅन्ड्रिल *n* लता आदि का धागे-जैसा भाग जो सहारे के लिए किसी अन्य वस्तु से लिपट जाता है, (लता-)तन्तु, प्रतान

tenement टॅनिमन्ट *n* 1 भूमि, ज़मीन (जिस पर उसके मालिक का कब्ज़ा हो), 2 *law* स्थायी संपत्ति (खेत, मकान, उपाधि आदि), 3 घर, मकान, 4 एक परिवार के लिए कमरों का सेट, फ़्लैट; **~-house** भवन जिसमें कई फ़्लैट हों, चाल

tenet टॅनिट *n* (व्यक्ति या संप्रदाय-विशेष का) सिद्धान्त, मत, उसूल

tenner टॅनर *n* (*colloq*) दस (रुपये, पाउंड, डालर आदि) का नोट

tennis टॅनिस *n* टेनिस

tenon टॅनन *n* & *vt* दूसरी लकड़ी के छेद में बैठाने के लिए लकड़ी का पतला सिरा, चूल (cf. mortise); *vt* 1 (काट कर) चूल बनाना, 2 (लकड़ी के दो टुकड़ों को) चूल से जोड़ना, चूल बिठाना

tenor टॅनर *n* 1 अभिप्राय, आशय, तात्पर्य, भाव, मंशा, मतलब [~ of s.o.'s speech, writing etc], 2 *law* (i) वास्तविक शब्द या भाषा, (ii) हूबहू नकल, सही प्रतिलिपि, 3 हाल, हालत, दशा [~ of one's affairs]; दिशा, गतिविधि, रंगढंग, तरीका [~ of one's life], 4 *mus* उच्चतम पुरुषस्वर, *attrib* उच्चतम पुरुषस्वर का [~ voice]

tenotomy ट-नॉटमि *n* (see tendon) कंडरा-छेदन

tense^1 टॅन्स *n* (*gram*) काल

tense^2 *a*, *vt* & *i* 1 (of cord, nerve, etc) तना हुआ, कसा हुआ, आतत, 2 (of relations, situation) तनावपूर्ण, (of mind) बेचैन, क्षुब्ध, उद्विग्न; **~ moment** बेचैनी का क्षण; **~ voice** झल्लाई हुई आवाज़, *vt* & *i* बेचैन या तनावपूर्ण करना या हो जाना; **to ~ up** बेचैन हो जाना; **~ness** *n* 1 तनाव, खिंचाव, आततता, आतति, 2 तनातनी [~ness of relations], 3 बेचैनी, उद्वेग, क्षोभ

tensibility टॅन्सिबिलिटि *n* = tensility

tensible टॅन्सिबल *a* = tensile

tensile टॅन्साइल *a* 1 जिसे ताना या खींचा जा सके, तन्य, लचकदार; 2 खींचने या तानने का, तानने वाला, **~ force** तनन-बल, **~ strength** तनन-सामर्थ्य; **tensility** टॅन्सिलिटि *n* तन्यता

tension टॅन्शन *n* 1 तानना, तनना, तनाव, खिंचाव, आतति [~ of a cord, of nerves, etc], 2 **mental ~** बेचैनी, खलबली, क्षोभ, उद्वेग, उद्विग्नता, 3 तनातनी, तनाव [political, social, racial, ~], 4 (गैस का) दबाव, **~al** *a* तनाव-संबंधी; तनावमूलक

tensor टॅन्सर *n* (*anat*) शरीर के अंग को तना हुआ रखने वाली पेशी, आतानक

tent^1 टॅन्ट *n* & *vi* & *t* 1 तंबू, ख़ेमा, शिविर; छोलदारी, **to pitch a ~** तंबू लगाना या गाड़ना, 2 **~-peg** तंबू गाड़ने का खूंटा, 3 **~-pegging** घुड़सवार द्वारा नेज़े से खूंटा उखाड़ ले जाने का

खेल, नेजाबाज़ी, *vi* तंबू में रहना, *vt* तंबू आदि से ढकना

tent^2 *n* & *vt* (*surg*) (घाव में लगाने की) बत्ती; *vt* बत्ती लगाना

tentacle टॅ॑न्ट-कल *n* 1 जन्तुओं का तन्तु-जैसा अंग जिससे वे टटोलते या पकड़ते हैं, स्पर्शक, संस्पर्शक, स्पर्शिका, 2 *fig* दूसरों की प्रतिक्रिया जानने की तरकीब; **tentacular** टॅ॑न्टैक्युलर *a* स्पर्शक-जैसा

tentative टॅ॑न्ट-टिव *a* & *n* 1 प्रयोगात्मक, परीक्षार्थ, परीक्षात्मक आज़माइशी [~ offer, proposal], 2 अभी तक का, कच्चा, अस्थायी, अनन्तिम [~ programme]; *n* प्रयोगात्मक प्रस्ताव या सिद्धान्त

tenter^1 टॅ॑न्टर *n* (वि० कारखाने में मशीनों की) देखभाल करने वाला व्यक्ति, मशीनवाला

tenter^2 *n* 1 कपड़ा तानने की मशीन, 2 **~-hook** कपड़ा तान कर रखने की अंकड़ियों में से एक, अंकड़ी; 3 (*fig*) **to be on ~hooks** अनिश्चय एवं प्रतीक्षा में रहना, बेचैन रहना, to keep s.o. on ~hooks किसी को चिन्ता और अनिश्चय की स्थिति में रखना

tenth टॅ॑न्थ *a* & *n* दसवां (भाग), दशम; **~-rate** बहुत घटिया

tenuis टेन्युइस *n* अघोष स्पर्श व्यंजन (*i.e.* k, p, t)

tenuity टि-न्यूइटि *n* (f. foll) 1 सूक्ष्मता, पतलापन, तनुता, 2 (of style) सादगी, सरलता, अलंकारहीनता

tenuous टॅ॑न्युअस *a* 1 सूक्ष्म, पतला, महीन, बारीक, तनु [~ cloth]: विरल [~ gas]; 2 (*fig*) ~ distinction अतिसूक्ष्म भेद

tenure टॅ॑न्युअर, टॅ॑न्यर *n* 1 संपत्ति (वि० भूसंपदा) पर अधिकार (का प्रकार), feudal ~ जागीर (-दारी); military ~ सैनिक सेवा के बदले में मिली जागीर, 2 अधिकार, कब्ज़ा, धारण, भोग [He has ~ of the estate], 3 धारणावधि, भोगावधि; **~ of office** पद पर काम करने की अवधि, पदावधि, पद का कार्यकाल, fixity of ~ नौकरी का स्थायित्व

tepee, teepee टीपी *n* = wigwam

tepefy टॅ॑पिफ़ाइ *vt* & *i* कुनकुना या गुनगुना करना या हो जाना

tepid टॅ॑पिड *a* 1 थोड़ा गरम, कुनकुना, गुनगुना, कोष्ण, कवोष्ण, 2 *fig* उत्साहरहित; **~ness, tepidity** टि-पिडिटि *nn* 1 गुनगुनापन, कवोष्णता, 2 उत्साहहीनता; **~ly** *adv* बिना जोश या उत्साह के

teratology टॅ॑र-टॉ॑ल-जि *n* टेढ़े-मेढ़े पौधों या प्राणियों का विज्ञान, विरूपताविज्ञान

tercel टर्सल, **tiercel** टिअर्सल *n* नर-शिकरा, नर-बाज़

tercentenary टर्सॅ॑न्-टीनरि, **tercentennial** टर्सॅन्-टॅ॑निअल *aa*, *nn* तीन-सौ साल का, त्रिशत-वर्षीय, *n* त्रिशती (समारोह)

tercet टर्सिट *n* (*pros*) = triplet

terebinth टॅ॑रिबिन्थ *n* तारपीन का पेड़

teredo ट-रीडो *n* (*pl* ~s) जहाज़ आदि में छिद्र करने वाला कीड़ा, जहाज़ी कीड़ा, टेरीडो

tergal टर्गल *a* पीठ का, पृष्ठीय

tergiversate टर्जिवर्सेट *vi* 1 गिरगिट की तरह रंग बदलना, पक्ष बदलना, अपने दल या सिद्धान्तों का परित्याग करना, 2 परस्पर-विरोधी बातें कहना, दो-मानी बात कहना, वाक्छल करना, टाल-मटोल करना; **tergiversation** *n* 1 पक्षपरिवर्तन, 2 वाक्छल, टाल-मटोल

term^1 टर्म *n* 1 *arch* सीमा, हद [to set a ~ to his encroachment, his existence], 2 अवधि, मियाद, मुद्दत [long-~, short-~, deposit]; कार्यकाल [during his ~ of office]; 3 (*math*, *log*) पद, 4 शब्द, पद [technical, legal, ~], 5 (in *pl*) शब्दावली, पदावली, भाषा [spoke in flattering ~s]; **in ~s of** के विचार से, के रूप में [In terms of money, what was your gain?], 6 in *pl* शर्तें [to dictate ~s; to accept ~s]; **to bring s.o. to ~s** किसी से शर्तें मनवा लेना, किसी को राज़ी कर लेना; **to come to ~s with s.o.; to make ~s with s.o.** समझौता कर लेना, राज़ी हो जाना, मान जाना; **to come to** *or* **make ~s with sth** स्वीकार कर लेना, पर सन्तोष कर लेना, सहन कर लेना [to come to ~s with a difficult situation] (also see come^1, 33), 7 (in *pl*) कीमत, मूल्य [~s moderate], 8 संबंध, तालुकात [to be on good, bad, friendly, ~s with s.o.]; they are not on speaking ~s, (i) उनका आपसी परिचय इतना नहीं है कि बोल-चाल हो, (ii) उनकी बोल-चाल बन्द है; 9 **~ of reference** विचारार्थ विषय

term^2 *vt* नाम देना या रखना, अभिहित करना

termagant टर्मगन्ट *n* & *a* डाँट-डपट करने वाली स्त्री, लड़ाकी औरत, कर्कशा, चण्डी; *a* 1 हो-हल्ला करने वाला, उपद्रवी, ऊधमी, 2 (of woman) डाँट-डपट करने वाली, लड़ाकी

terminable टर्मि-न-बल *a* 1 (of contract etc) जिसका अन्त किया जा सके, समाप्य, 2 (of loan etc) सावधि, मियादी

terminal टर्मिनल *a* & *n* 1 (see terminus, 1) सीमा-निर्देश करने वाला, सीमासूचक, सीमावर्ती; आख़िरी, अन्तिम [~ station], चरम; 2 (see term^1, 2) सत्र का, हर सत्र में होने वाला [~ accounts, subscription]; सत्र के अन्त का; त्रैमासिक, तिमाही [~ examination]; **~ leave** रिटायर होने से पहले मिलने वाली छुट्टी, सेवान्त छुट्टी; 3 ~ figure = terminus, 2; 4 सिरे का,

अग्रस्थ; *bot* डंडी या वृन्त के सिरे पर का, *zool* शृंखला का अन्तिम [~ joints]; *n* 1 अन्तिम वस्तु, सिरा, 2 (रेल या बसों का) अन्तिम स्टेशन; 3 आने और जाने वाले विमान-यात्रियों के लिए हवाई-अड्डे पर बना भवन; आगमन-एवं-प्रस्थान भवन, टर्मिनल(-भवन)

terminate^1 टर्मिनेट *vt* & *i* 1 सीमा-निर्देश करना, सीमा बांधना, सीमा पर स्थित होना, 2 समाप्त करना [to ~ a contract, an engagement]; 3 *vi* समाप्त होना; 4 (of word) पर समाप्त होना [to ~ in a letter; (of other things) to ~ **in, at**]

terminate^2 टर्मि-नट *a* (*math* etc) सीमित, सान्त

termination टर्मि-नेशन *n* 1 अन्त करना, समापन, 2 अन्त, समाप्ति, अवसान, पर्यवसान, **to put a ~ to sth; to bring sth to a ~** अन्त करना, 3 (शब्द का) अन्त्याक्षर(-समूह), अन्त्य पद, प्रत्यय (*e.g.* -ness, -hood, -ly)

terminator टर्मि-नेटर *n* 1 समाप्त करने वाला, समापक, 2 वह जिस पर कोई चीज़ समाप्त हो, 3 (ग्रहों, नक्षत्रों के) उजाले और अन्धेरे भाग की विभाजक रेखा, दीप्तिसीमान्त

terminological टर्मिन-लॉजिकल *a* पारिभाषिक, ~ inexactitude परिभाषा की अयथार्थता; *joc* झूठ

terminology टर्मि-नॉलजि *n* 1 (पारिभाषिक) शब्दावली, परिभाषा; शब्दावली-विज्ञान, परिभाषा-विज्ञान

terminus टर्मिनस *n* (*pl* **-ni**, **~es**) 1 (i) अन्तिम स्टेशन, लक्ष्य स्थान; (ii) आरंभ स्थान, प्रस्थान स्टेशन, 2 (वर्गाकार स्तंभ पर रखी) ऊर्ध्वकाय मानव-प्रतिमा (जो पहले-पहल सीमा-चिन्ह का काम देती थी), 3 (of argument, policy, period, etc) **~ ad quem** जहां पर अन्त हो; **~ a quo** जहां से आरंभ हो

termitarium टर्मि-टॅअ-रिअम, **termitary** टर्मिटरि *nn* (f. foll) दीमकों का घर, बिमोट, वल्मीक

termite टर्माइट *n* दीमक

tern^1 टर्न *n* मुर्ग़ाबी-जैसा किन्तु उससे छोटा समुद्री पक्षी, टिटिहरी, कुररी

tern^2 *n* 1 तीन का समूह, त्रिक, 2 एक-साथ निकलने वाले लाटरी के तीन (इनामी) टिकट; तीन टिकटों का इनाम

ternary टर्नरि *a* तीन का (बना हुआ), त्रितय, त्रयात्मक; *chem* तीन भिन्न तत्त्वों (elements) का बना हुआ

ternate टर्नेट *a* तीन-तीन के समूहों का बना हुआ, त्रिकात्मक; *biol* तीन-तीन पत्तों का, त्रिपर्णकी

terra L टॅर: *n* धरती, धरा, ज़मीन; **~ firma** सूखी ज़मीन, खुश्की; **~incognita** अज्ञात प्रदेश [f. Skt धरा]

terrace टॅरस, टॅरिस *n* & *vt* 1 (प्राकृतिक या निर्मित) ऊंची समतल जगह, 2 पहाड़ी के ऊपर या ढलान पर बने मकानों की कतार, 3 साथ-साथ लगे हुए मकानों की कतार; **~-house** ऐसे मकानों में से एक; 4 (कमरे के आगे का) छज्जा, बारजा, 5 (मैदानी मकानों की) खुली छत, 6 **~ cultivation** (पहाड़ियों पर) सीढ़ीदार खेती, सोपानकृषि; *vt* (पहाड़ी भूमि को) समतल करना, (पहाड़ी पर) सीढ़ियां बनाना; **~d house**=terrace-house, **~d roof** खुली छत

terracotta टॅर-कोट: *n* 1 पकायी हुई मिट्टी (के बर्तन), पक्व मृद्भांड, 2 ऐसी मिट्टी की छोटी मूर्ति, लघु मृण्मूर्ति, 3 (ऐसी मिट्टी का) लाल-भूरा रंग

terrain टॅ-रेन *n* (प्राकृतिक भूगोल या सेना-विन्यास की दृष्टि से) इलाका, प्रदेश

terrapin टॅर-पिन *n* नदी, तालाब आदि का कछुआ, कमठ

terraqueous टॅ-रेक्विअस *a* 1 जल और स्थल का, जलस्थलमय; 2 जल और स्थल में रहने वाला, जलस्थलवासी

terrazo टि-रैज़ो *n* पत्थर वि० संग-मरमर के टुकड़ों और सीमेन्ट का फ़र्श, टेराज़ो, मणि-कुट्टिम

terrene टॅ-रीन *a* 1 पृथ्वी का, पार्थिव, 2 सांसारिक

terreplein टॅअर्-प्लेन *n* तोपें गाड़ने का चबूतरा

terrestrial ट-रेॅस्ट्रिअल *a* 1 पृथ्वी का, पार्थिव (opp. celestial); **~ magnetism** पार्थिव चुम्बकत्व, 2 ऐहिक, सांसारिक, दुनियावी [~ interests], 3 स्थल (न कि जल) का, स्थल या खुश्की पर रहने वाला, स्थलवासी, स्थलचर, स्थलीय, *n* पृथ्वी का निवासी

terret, -it, टॅरिट *n* लगाम गुज़ारने के लिए साज़ में बने छल्लों में से एक; छल्ला

terrible टॅरिबल *a* 1 डरावना, भयङ्कर, भयानक, भीषण, 2 (*colloq*) बहुत अधिक, बेहद [a ~ bore, talker]; बड़ा भारी, घोर, कठिन; **terribly** *adv* (*colloq*) अत्यन्त, बेहद [terribly rich]

terricolous टॅ-रिकलस *a* धरती पर या धरती के अन्दर रहने वाला, भूमिवासी

terrier^1 टॅरिअर *n* शिकार की खोज में ज़मीन खोदने वाले कुत्तों की जातियों का नाम [bull, fox, -~], टैरियर

terrier^2 *n* खेत के स्थल, सीमाओं आदि का विवरण देने वाली बही, ख़सरा, भूविवरणिका

terrific ट-रिफ़िक *a* 1 डरावना, भयङ्कर, भयानक, भीषण, 2 *colloq* बहुत अधिक [driving at a ~ pace], बेहद [made a ~ noise], बहुत बड़ा, बहुत अच्छा [did a ~ job]

terrify टॅरिफ़ाइ *vt* डराना, भयभीत या त्रस्त करना, दहलाना, चौंकाना, भौचक्का करना [to ~ s.o. out of his wits]

terrigenous टॅ-रिजिनस *a* ज़मीन से निकलने

वाला, भूमिज, भूमिजनित; स्थलजात [~ deposits]

territorial टॅरि-टॉरिअल *a* & *n* 1 धरती या ज़मीन का, धरती के रूप में [~ possessions], 2 प्रदेश-विशेष तक सीमित, प्रादेशिक, **T~ Army** आपात स्थिति में अपने-अपने प्रदेश में सेना की तरह काम करने वाले स्वयंसेवियों का दल, प्रादेशिक सेना; **~ waters** किसी देश के तट से प्राय: तीन (या अधिक) मील तक का समुद्र जिस पर उस देश का अधिकार माना जाता है, प्रादेशिक समुद्र, देश का समुद्री क्षेत्र, समुद्री सीमा; *n* प्रादेशिक सेना का सिपाही, प्रादेशिक सैनिक

territorialize टॅरि-टॉरिअ-लाइज़ *vt* 1 इलाका या क्षेत्र बनाना, 2 क्षेत्रीय बनाना, (घटा कर) क्षेत्र का दर्जा देना

territory टॅरिटरि *n* 1 (शासक का) इलाका, प्रदेश, राज्य, सल्तनत, (नगर का) क्षेत्र, इलाका, 2 ज़मीन का लंबा-चौड़ा खण्ड, भूखण्ड, भू-भाग, 3 (esp U.S.) T~ इलाका जिसे प्रदेश या राज्य का दर्जा न मिला हो, क्षेत्र [Union T~ of Delhi etc]; 4 *fig* अधिकारक्षेत्र [f. Skt धरित्री]

terror टॅरर *n* 1 भारी भय, आतंक, त्रास, दहशत, 2 (of person) आतङ्कित करने वाला; आफ़त, बला, (of thing) विभीषिका, आफ़त, बला, 3 ~-stricken, ~-struck बहुत डरा हुआ, त्रस्त, आतङ्कित; ~ize *vt* आतङ्कित करना

terrorism टॅर-रिज़म *n* आतङ्क फैलाना, आतङ्कवाद, आतङ्कवादी कार्यवाही; **terrorist** टॅर-रिस्ट *n* आतङ्कवादी; **terroristic** *a* आतङ्क फैलाने का, आतङ्कवादी

terse टर्स *a* 1 (of language, style) आडम्बर-रहित, स्पष्ट और संक्षिप्त, परिष्कृत और संक्षिप्त, नपा-तुला, सारगर्भित, (of writer) परिष्कृत और संक्षिप्त शैली वाला; 2 संक्षिप्त और रूखा

tertian टर्शन *a* & *n* हर तीसरे दिन आने वाला (ज्वर या रोग), तिजरा; तिजारी

tertiary टर्शरि *a* & *n* तीसरे दर्जे या श्रेणी का, (*n*) 1 the T~ (*geol*) तृतीय युग; 2 (पक्षी का) तीसरी पंक्ति का पंख, तृतीय पिच्छ

terylene टॅरिलीन *n* (वस्त्र बुनने का) कृत्रिम धागा या सूत

tessellated टॅस-लेटिड *a* छोटे-छोटे चौकोर टुकड़े जोड़ कर बनाया हुआ, पच्चीकारी का [~ pavement]

tessera टॅसर: *n* (*pl* ~e) पच्चीकारी में लगने वाला छोटा-सा चौकोर टुकड़ा, कुट्टिम-गुटिका

test^1 टॅस्ट *n* 1 परीक्षा, आज़माइश, परख, जांच, **to put s.o., sth, to the ~** आज़माना; परखना; **to pass** *or* **stand the ~** परीक्षा में पूरा उतरना, 2 कसौटी, मानदण्ड, परख [the ~ of honesty], 3 परीक्षा, इम्तहान, 4 *chem* परीक्षण; **acid ~** अम्ल-परीक्षण; *colloq* (निश्चायक) कसौटी या परख, (see also acid), 5 धातुशोधन-पात्र; कुठाली; 6 **test case** (*law*) परीक्षार्थ मामला (जिसके फ़ैसले के आधार पर उसी तरह के दूसरे मामलों का फ़ैसला किया जा सके; **~ flight** (विमान की) परीक्षण-उड़ान; **~ pilot** परीक्षण (-उड़ान करने वाला) चालक; **~ match** (दो देशों की टीमों के बीच) बड़ा या मुख्य मैच; टॅस्ट-मैच; **~-tube** परीक्षण नली, परख नली; **~-tube baby** भ्रूण-अवस्था में जिस का विकास प्रयोगशाला में हुआ हो (और बाद में गर्भाशय में डाल दिया गया हो), प्रयोगशाला-शिशु

test^2 *vt* 1 (व्यक्ति या गुण की) परीक्षा लेना या करना; आज़माइश करना, आज़माना, 2 (वस्तु का) परीक्षण करना, परखना, ठोक-बजा कर देखना [to ~ a machine, sample, etc]; जांच करना, जांचना [to ~ weights and measures], 3 (गुण आदि) कसौटी पर कसना, 4 *chem* परीक्षण करना, 5 (धातु का) शोधन करना, 6 पर बहुत भार डालना, थकाना [to ~ s.o.'s patience, powers of endurance]; 7 **to ~ out** (a theory etc) प्रयोग द्वारा परीक्षण करना, आज़माना

test^3 *n* (जन्तुओं का) कड़ा ख़ोल या आवरण, चोल

testa टॅस्ट: *n* (*pl* ~e) 1 (घोंघे आदि का) कड़ा आवरण या ख़ोल, शल्क, 2 बीजावरण, बीज-चोल; **testaceous** टॅस्टेशस *a* 1 शल्क का, 2 शंख का, घोंघे का, 3 शल्कयुक्त, (*bot*, *zool*) ईंट के रंग का, इष्टिकावर्णी

testacy टॅस्टसि *n* (f. testate) वसीयत करके मरने का भाव, वसीयत करके मरना, कृतदित्सता

testament टॅस्टमन्ट *n* 1 इच्छापत्र, दित्सापत्र, वसीयत, वसीयतनामा, 2 बाइबिल, इंजील [Old, New. T~], 3 *colloq* व्यक्ति के विश्वासों, सिद्धान्तों आदि का विवरण; **~ary** *a* इच्छापत्र या वसीयत का, वसीयती

testate टॅस्टेट *a* & *n* इच्छापत्र लिख कर या वसीयत करके मरने वाला (व्यक्ति), बा-वसीयत (व्यक्ति), वसीयती, **testator** टॅस्टेटर *n* वसीयत-कर्ता; *fem* **testatrix** *n* वसीयतकर्त्री

tester^1 टॅस्टर *n* 1 जांच या परख करने वाला, परीक्षक, 2 (instrument) परीक्षित्र

tester^2 *n* खाट का चँदवा

testicle टॅस्टिकल *n* अण्ड, अण्डग्रन्थि, वृषण; **testicular** टॅस्-टिक्युलर *a* अण्डग्रन्थि का, वृषण का; **testiculate** टॅस्-टिक्युलट *a* 1 अण्डग्रन्थियुक्त, वृषणयुक्त, 2 अण्डाकार, वृषणाकार

testify टॅस्टिफ़ाइ *vt* & *i* 1 स्पष्ट कहना, व्यक्त करना, घोषित करना [to ~ one's regret, one's faith]; 2 (*vi*) *law* बयान देना, गवाही या साक्ष्य देना [to ~ **against** s.o.; to ~ in s.o.'s favour]; 3 (of person *or* thing) प्रमाणित करना, का प्रमाण होना, (सत्य) सिद्ध करना [to ~ to a fact, statement, state, etc]

testimonial टॆ॑स्टि-मोनिअल *n* 1 (चरित्र, योग्यता आदि का) प्रमाणपत्र; शंसापत्र, प्रशंसापत्र, सिफ़ारिशी चिट्ठी, 2 (सम्मान के प्रतीक-रूप या सेवाओं के उपलक्ष में दिया गया) उपहार, भेंट, थैली

testimony टॆ॑स्टिमनि *n* 1 साक्ष्य, गवाही, शहादत, to call s.o. in ~ गवाही देने के लिए बुलाना; 2 प्रमाण, सबूत [to produce ~ of, to, a statement; We have his ~ for that]; in ~ whereof . . . जिसके प्रमाण में, 3 कथन, बयान, कहना [the ~ of history, of historians]

testiness टॆ॑स्टिनिस *n* (f. testy) चिड़चिड़ापन; क्रोधी स्वभाव

testis टॆ॑स्टिस *n* (*pl* -tes) = testicle

testudo टॆ॑स्-ट्यूडो *n* 1 कछुआ, 2 *Rom. ant* कछुए की पीठ की तरह वक्राकार सैन्यव्यूह

testy टॆ॑स्टि *a* चिड़चिड़ा, तुनकमिज़ाज, झट नाराज़ हो जाने वाला, गुस्सैल

tetanic टि-टॆ॑निक *a* & *n* (see foll) धनुर्वात का, धनुर्वात का-सा, धनुस्तंभी [~ spasm]; (*n*), तन्त्रिकाओं के द्वारा मांसपेशियों पर असर डालने वाली औषध

tetanus टॆ॑ट-नस *n* 1 रोग-विशेष जिसमें मांसपेशियां ऐंठ जाती हैं (*e.g.* lockjaw *q.v.*); पेशी-तनाव, धनुर्वात, धनुस्तंभ, 2 यह रोग पैदा करने वाला जीवाणु-विशेष, टॆटनस

tetany टॆ॑टनि *n* (प्राय: कैल्शियम की कमी से होने वाली) मांसपेशियों की ऐंठन

te(t)chy टॆ॑चि *a* चिड़चिड़ा, तुनकमिज़ाज

tête-à-tête F तॆंता-तॆंत *adv*, *a* & *n* अकेले में, एकान्त में; *a* गुप्त; दो व्यक्तियों का; *n* (दो व्यक्तियों की) एकान्त में बात-चीत

tether टॆ॑दर *n* & *vt* 1 (घास चरते समय पशु को बांध रखने की लंबी) रस्सी (जिससे वह सीमा-विशेष के अन्दर रहता है), पघा, पगहा, 2 *fig* (ज्ञान, अधिकार, बल आदि की) सीमा, हद, दायरा, to be at the end of one's ~ और आगे कुछ पता या सामर्थ्य न होना, और आगे कुछ न कर सकना, और न सहन कर सकना, किंकर्तव्यविमूढ़ होना; *vt* रस्सी या पगहे से बांधना

tetra- टॆ॑ट्र: in *comb* चार, चतु:, **tetrad** टॆ॑ट्रैड *n* 1 चार (की संख्या), 2 चार का समूह, चतुष्क, चतुष्टय; ~**gon** *n* चतुष्कोण, चतुर्भुज; ~**hedral** *a* चतुष्फलकीय, ~**hedron** *n* चार फलकों वाली घनाकृति (वि० तिकोनी पिरामिड), चतुष्फलक; ~**logy** *n* नाटक-चतुष्टय; ~**ndrous** टिट्-रैन्ड्रस *a* चार पुंकेसरों वाला; चतु:पुंकेसरी, ~**petalous** टॆट्र-पॆ॑टलस *a* चार पंखड़ियों वाला, चतुर्दली; ~**phyllous** *a* चार पत्तियों वाला, चतुष्पर्णी

tetrarch टॆ॑ट्रार्क *n* (*Rom ant*) देश या प्रदेश के चतुर्थ भाग का शासक, राज्यपाल, गवर्नर

tetter टॆ॑टर *n* (*dial*) कई प्रकार का चर्मरोग (*e.g.* eczema, herpes, etc)

Teuton ट्यूटन *n* ट्यूटन जातियों (जिनके अन्तर्गत जर्मनी तथा स्कैंडिनेविया —see Scandinavian— की प्राचीन जातियां हैं) में से किसी एक का व्यक्ति, ट्यूटन

Tutonic ट्यू-टोनिक *a* & *n* ट्यूटन जातियों का; ~ languages = High and Low German (see German) and Scandinavian; *n* ट्यूटन जातियों की भाषाओं का वर्ग, ट्यूटानिक

text टॆ॑क्स्ट *n* 1 (ग्रन्थ का) मूल पाठ, मूल; लेखक या वक्ता के अपने शब्द; 2 (प्रवचन का विषय बनाया गया) धर्मग्रन्थ का वाक्य, मन्त्र, सूत्र, 3 (प्रमाण रूप में उद्धृत) मन्त्र, श्लोक, वाक्य; उद्धरण, 4 ~**book** पाठ्यपुस्तक, (किसी विषय की) प्रामाणिक पुस्तक

textile टॆ॑क्स्टाइल *a* & *n* बुनाई का [the ~ art]; बुना हुआ [~ fabrics]; बुनने के लायक [~ materials], ~ industry वस्त्र-उद्योग, *n* बुनी हुई चीज़, वस्त्र, कपड़ा

textual टॆ॑क्स्चुअल, टॆक्स्ट्युअल *a* 1 मूलपाठ का [~ errors], 2 मूलपाठ-विषयक, मूलपाठ के शब्दों का [~ criticism]; ~**ist** *n* 1 मूलपाठ से इधर-उधर न होने वाला, 2 धर्मग्रन्थों का उद्धरण देने में तत्पर व्यक्ति

textural टॆ॑क्स्चरल *a* (f. foll) बनावट-संबंधी, रचना-संबंधी

texture टॆ॑क्स्चर *n* & *vt* 1 (वस्त्र की) बुनाई, बुनावट, पोत, वयन; तन्तुविन्यास [loose, close, ~], बनावट, रचना [~ of skin]; गठन [~ of rock], ढांचा [~ of literary work]; *vt* बुनना, 2 (अमुक प्रकार का) ढांचा बनाना

thalamus थैल-मस *n* (*pl* -mi) 1 (*Gk ant*) अन्त:पुर, हरम, 2 *anat* वह स्थान जहां से तन्त्रिकाएं मस्तिष्क से निकलती हैं, चेतक; 3 *bot* फूल के विभिन्न अवयवों का समान आधार, पुष्पासन

Thalia थेलिअ *n* (*Rom myth*) कामदी और ग्राम्य काव्य की देवी

thalidomide थ-लिड-माइड *n* पीड़ाहर औषध गर्भ-आरंभ में जिसके सेवन से भ्रूण के अङ्ग टेढ़े-मेढ़े हो जाते हैं, ~ **baby** विकृताङ्ग बच्चा

thallium थैलिअम *n* सफ़ेद धातु-विशेष, थैलियम

thallus थैलस *n* पौधे की अवस्था जिस में जड़, डंडी और पत्ते अलग-अलग न हुए हों

than दैन, दन *conj* & *quasi-prep* 1 (*in comparison*) से, की अपेक्षा [He is taller than I (am)], 2 से भिन्न, के अतिरिक्त, सिवाय [any person other than himself]; *quasi-prep* से, की अपेक्षा [a person than whom no one is more respected]

thanage थेनिज *n* (f. foll) रईस का पद; रईस को मिली जागीर

thane थेन *n* (Eng. *hist*) नवाब (noble) से

कुछ कम दर्जे का आदमी, रईस

thank थैङ्क *vt* 1 धन्यवाद देना, शुक्रिया अदा करना, उपकार मानना, Thank God! ईश्वर की बड़ी कृपा है! खुदा का शुक्र है! 2 (usu. *iron*) I'll thank you to shut the door कृपया किवाड़ बन्द कर दीजिए, 3 You may ~ yourself; You have only yourself to ~ for it यह तुम्हारा अपना ही दोष है [He has only himself to ~ for that]

thankful थैंक्फ़ल *a* 1 कृतज्ञ, आभारी, एहसानमन्द, 2 (of word or act) कृतज्ञतासूचक

thankless थैंक्लिस *a* 1 कृतघ्न, अकृतज्ञ, 2 जिसकी कोई कदर न करे, व्यर्थ, बेकार, फ़जूल [a ~ task]

thanks थैङ्क्स *n pl* 1 धन्यवाद [many ~ for your help; give him my best ~]; ~ awfully, ~ very much (*colloq*) बहुत-बहुत धन्यवाद; 2 **to give** ~ (भोजन आरंभ करने से पहले) ईश्वर की स्तुति करना; 3 ~ **to** के कारण, के फलस्वरूप [Thanks to your help I got the job; Thanks to my laziness I missed the chance]; **small** ~ **to; no** ~ **to** के बावजूद

thanksgiving थैङ्क्स-गिविङ्ग *n* (वि० ईश्वर के प्रति) कृतज्ञता-प्रकाशन, धन्यवाद-ज्ञापन; T~ Day (U.S.) धन्यवाद-दिवस (नवम्बर का चौथा बृहस्पतिवार)

that^1 दैट, दट *dem pron, dem a & dem adv* 1 *dem pron* (*pl* those) वह, यह [what, who, is that?]; Have things come to ~ क्या स्थिति ऐसी हो गई है, क्या यह नौबत आ गई है? **so that's that** (formula for closing narrative or discussion) बस इतनी ही या यही बात है; **that's it** ठीक है! यही बात है! **that's all** बस! और नहीं चाहिए; **and (all) that** और इसी तरह की और चीजें या बातें, वग़ैरा-वग़ैरा, 2 *dem adj* (*pl* those) वह [that book; those books]; इतना (*coll*ɔ*q*) [He was hurt to that degree that he resigned], 3 *dem adv* इतना (अधिक) [He was that hurt, angry, pleased, etc]

that^2 दैट *rel pron* (*pl* same) जो, जिसे, जिन्हें [the letter or letters (that) I sent you; the man (that *or* whom) you saw]

that^3 दैट, दट *conj.* (*introducing subordinate clauses*): 1 (of statement) कि [they say (that) he is better], 2 (*of purpose*) जिससे कि, ताकि [Come nearer that I may see you]; 3 (*of reason or cause*). . . Not that I have any objection न कि इसलिए कि मुझे कोई आपत्ति है; 4 (*of wish*) क्या ही अच्छा होता कि, काश (0) that it were possible!

thatch थैच *n & vt* (घास-फूस या नारियल के पत्तों की) छाजन, छप्पर, *vt* (मकान पर) छप्पर डालना, छप्पर छाना; ~**er** *n* छप्पर बनाने वाला, छप्परबन्द; ~**ing** *n* छवाई, छाजन

thaumaturge थॉमटर्ज *n* चमत्कार करने या दिखाने वाला, जादूगर, ऐन्द्रजालिक, बाज़ीगर; **thaumaturgic(al)** *a* चमत्कारपूर्ण; जादूगरी का; **thaumaturgist** थॉमटर्जिस्ट *n* = thaumaturge

thaumaturgy थॉमटर्जि *n* जादूगरी, बाज़ीगरी, इन्द्रजाल-विद्या

thaw^1 थॉ *vi & t* 1 (of ice, snow) पिघलना, गलना; पिघलाना, गलाना, (of frozen meat) नरम होना या करना, 2 (of weather) It is thawing (मौसम में इतनी गर्मी आ गई है कि) बर्फ़ पिघलने लगी है, 3 *fig* नरम पड़ना, ढीला पड़ना, रुखाई छोड़ना, बात-चीत या मेल-जोल के लिए तैयार होना [The Big Powers were ~ing]

thaw^2 *n* 1 बर्फ़ का पिघलना, हिमद्रवण, 2 मौसम की गर्मी (जिससे कि बर्फ़ पिघलने लगे); **a, the, thaw has set in** बर्फ़ पिघलने लगी है *fig* रुखाई दूर हो गई है; मेल-ज़ोल की भावना पैदा हो गई है

the दि, द (before vowels दि; before consonants द, emphatic दी) *def art.* 1 *adj* (often left untranslated in Hindi) वह, वही [this is the house that jack built]; (*with verbal noun*) Let's go while the going is good; the story does not lose in the telling, 2 *adv* (*preceding an adj or adv in the compar degree*) उसी मात्रा में, उतना ही, (i) The sharper the point, the better the needle, (ii) The sooner (you go) the better जितनी जल्दी जाओ उतना ही अच्छा

theanthropic थीअन्-थ्रॉपिक *a* दैवी एवं मानवीय

theanthropism *n* ईश्वर का मानव (*i.e.* ईसा) के रूप में प्रकट होना, ईश्वर-अवतारवाद

theatre थीअ-टर *n* 1 नाटक-घर, नाटयशाला, रंगशाला, प्रेक्षागृह; रंगमंच, 2 अध्यापन या लेक्चर का बड़ा कमरा (जहां बेंचों की कतारें सीढ़ीनुमा होती हैं), कक्ष, हाल [chemistry ~]; **operating-**~ शल्य-कक्ष, 3 **the** ~ नाटयकला; नाटक साहित्य, 4 the ~ of war युद्धक्षेत्र, 5 ~-**goer** नाटकप्रेमी

theatrical थि-ऐट्रिकल *a & n* 1 (of manner, speech, gesture) बनावटी, दिखावटी, नाटकीय; प्रभावोत्पादक, 2 नाटक का, नाटक-संबंधी, नाटकीय; ~**s** (*n pl*) (नाटक का) अभिनय, खेल, तमाशा; ~**ism** *n* नाटकीयता; ~**ity** *n* नाटकीयता, बनावटीपन

theft थेफ़्ट *n* चोरी, उठाईगीरी

their देअर *poss pron attrib* उनका, उनकी, उनके [This is ~ flat; they have a flat of ~ own]

theirs देअर्स *poss pron pred* उनका [This flat is ~, not ours]

theism थी-इज़म *n* आस्तिकता; **theist** *n* आस्तिक

thematic थि-मॅटिक *a* (see foll) 1 विषय संबंधी, विषय का; 2 (*gram*) प्रातिपदिक का

theme थीम *n* 1 (भाषण, लेख आदि का) विषय, प्रसंग, 2 U.S. (स्कूल में) निबन्ध, 3 (*gram*) विभक्तिरहित शब्द, प्रातिपदिक; 4 (*mus*) संगीत-विषय; ~ **song** (संगीत-नाटक में बार-बार बजने वाली) विषय-धुन; ~ **song** *or* **tune** (रेडियो या दूरदर्शन के कार्यक्रम की) संकेत-धुन

then दॆ'न *adv, conj, a* & *n*; (*adv*) 1 तब, उस समय [the ~ existing system]; **then and there; there and then** तत्काल और वहीं; 2 उसके बाद, बाद में, तदनन्तर [I went to Jammu and ~ to Srinagar]; 3 इसके अतिरिक्त, अपि च, और फिर [I haven't the time, and ~ it is not my business]; (*conj*: usu at the beginning or end of a sentence) इसलिए, यदि ऐसी बात है तो, तब तो [T~ you should have said so]; *a* उस समय का, तत्कालीन [the ~ secretary], (*n*) वह समय, by ~ तब तक; from ~ तब से, till ~ तब तक

thenar थीनर *n* (*anat*) 1 हथेली, अङ्गुष्ठमूल, 2 तलवा

thence दॆ'न्स *adv* 1 वहां से, 2 इस कारण, इसलिए, अत:; **thenceforth, thenceforward** *advv* तब से

theo- थीअ- in *comb* = ईश्वर, परमात्मा, ब्रह्म

theocentric थीअ-सॅन्ट्रिक *a* ईश्वरकेन्द्रित

theocracy थि-ऑ'क्रसि *n* धर्म पर आधारित शासन या राज्य, धर्मतन्त्र; **theocratic** थिअ-क्रॅटिक *a* धर्मतन्त्री, धर्मतन्त्रात्मक [theocratic state]; **theocrasy** थिऑ'क्रसि *n* 1 समाधि द्वारा आत्मा और परमात्मा का संयोग, 2 (वि० भक्त के मन में) अनेक देवताओं के गुणों का सम्मिश्रण, **theodicy** थिऑ'डिसि *n* (पाप-भरी दुनिया में) ईश्वरीय न्याय में विश्वास

theodolite थि-ऑ'डलाइट *n* सर्वेक्षण का उपकरण-विशेष

theogony थि-ऑ'गनि *n* 1 देवोत्पत्ति (वर्णन), 2 देवताओं की वंशावली

theologian थीअ-लोजिअन *n* धर्मशास्त्री, धर्माचार्य; ब्रह्मज्ञानी, ब्रह्मवादी

theological थीअ-लॉ'जिकल *a* धर्मशास्त्रविषयक, धर्मशास्त्रीय; ब्रह्मविषयक.

theology थि-ऑ'ल-जि *n* 1 (वि० ईसाई-) धर्मविद्या, धर्मशास्त्र; positive, revealed, ~ इलहाम पर आधारित धर्मविद्या, 2 धर्ममीमांसा, ब्रह्मविद्या

theorem थीअ-रम *n* 1 (*math*) प्रमाणित किया जाने वाला सूत्र, प्रमेय, साध्य (cf. problem), 2 (*alg*) सूत्र [binomial ~], 3 सैद्धान्तिक मत

theoretic थीअ-रॆ'टिक *a* & *n* 1 *adj* = foll; 2 (in *sing* or *pl*) **theoretic(s)** (विज्ञान का) सिद्धान्त पक्ष, सैद्धान्तिकी, शुद्धविज्ञान

theoretical थीअ-रॆ'टिकल *a* 1 शुद्ध (वि)ज्ञान से संबंधित (न कि उसके प्रयोग से); ~ **physics** शुद्ध भौतिकी, 2 सिद्धान्त-मात्र (न कि तथ्यों) पर आधारित, सिद्धान्त-विषयक, सैद्धान्तिक (न कि व्यावहारिक) [~ discussion, interest]; ~**ly** *adv* सिद्धान्त में, सिद्धान्त रूप से, सिद्धान्तत:

theoretician थीअरि-टिशन *n* सिद्धान्त प्रतिपादित करने वाला, सिद्धान्ती, सिद्धान्तकार

theorist थीअ-रिस्ट *n* 1 = prec; 2 ख़याल दौड़ाने वाला, कल्पनाजगत् में विचरने वाला, अव्यावहारिक व्यक्ति

theorize थीअ-राइज़ *vi* 1 सिद्धान्त प्रतिपादित करना, 2 विचार या चिन्तन करना, कल्पना करना, ख़याल दौड़ाना; ~**r** *n* = theorist, 2

theory थीअरि *n* 1 (किसी घटना का कारण स्पष्ट करने के लिए बनाई गई) धारणा, सिद्धान्त-वाद [~ of evolution, gravitation], 2 ख़याल विचार-मात्र, कल्पना, सिद्धान्त [Your plan is all right in ~]

theosophic(al) थीअ-सॉ'फ़िक(ल) *a* ब्रह्मविद्या-सबंधी, ब्रह्मवादी

theosophist थि-ऑ'स-फ़िस्ट *n* ब्रह्मवादी, अध्यात्मवादी

theosophy थि-ऑ'सफि *n* योग आदि साधनों से ईश्वर का ज्ञान प्राप्त करने की प्राचीन अथवा अर्वाचीन विद्या, ब्रह्मविद्या, अध्यात्मविद्या

therapeutic(al) थॆ'र-प्यूटिक(ल) *aa* 1 चिकित्सा-संबंधी, चिकित्सीय, उपचारात्मक, 2 आरोग्य रोगनाशक; **therapeutics** थॆ'र-प्यूटिक्स *n pl* (usu treated as *sing*) चिकित्साशास्त्र, चिकित्सा-विद्या; **therapeutist** थॆ'र-प्यूटिस्ट *n* चिकित्साशास्त्री, चिकित्सक, वैद्य

therapist थॆ'रपिस्ट *n* (f. foll) चिकित्सक

therapy थॆ'रपि *n* & *suf* चिकित्सा, उपचार, इलाज [occupational ~], *suf* as in physiotherapy (*q.v.*) etc

there दॆ'अर *adv, n* 1 वहां उस जगह पर, 2 उधर, वहाँ [I'm going ~]; 3 इस बात में, इस विषय में [T~ we agree, differ]. 4 (merely introductory, followed by *intransitive vb* & left untranslated in Hindi) [there is a beggar, there are beggars, at the door]; **there you are** वही जो तुम चाहते थे (also see *int* below), (*n*) वह स्थान [He lives near ~; has come from ~]; *int* (हर्ष या विषाद का व्यंजक) there (you are)! What did I tell you? लो देख लो! मैंने कहा न था?

thereabout(s) दॆ'अर-बाउट (-बाउट्स) *adv* 1 उस स्थान के आस-पास, वहीं कहीं [somewhere thereabouts], 2 लगभग [two kilograms or thereabouts]; **thereafter** उसके बाद; **thereby** उसके द्वारा, उससे, उस कारण; उसके संबंध या विषय में, and thereby hangs a tale और इस विषय में एक कहानी भी है; **therefore** इसलिए, अत:, अतएव [I think, therefore I am]; **thereupon** इस कारण, इसके फलस्वरूप; उसके बाद, तदनन्तर

therm थर्म *n* ताप या ऊष्मा की इकाई, थर्म

thermal थर्मल *a* ताप का, तापीय, ऊष्मा का, ऊष्मीय, ऊष्मिक; ~ **unit** ऊष्मा की इकाई; ताप-मात्रक; ~ springs गरम पानी के चश्मे; ~ **power station** तेल या कोयले से चलने वाला बिजलीघर, ताप-बिजलीघर

thermic थर्मिक *a* ताप का, ऊष्मिक

thermion थर्माइअन *n* तापदीप्त पदार्थ से निकलने वाला विद्युदणु, तापायन

thermionic थर्मि-ऑनिक *a* (see prec) तापायनिक, ~ **tube** रेडियो-प्रसारण आदि में काम आने वाली तापदीप्त ट्यूब (जिसमें पर्याप्त मात्रा में विद्युदणु निकलते हैं), तापायनिक ट्यूब

thermo- थर्मो in *comb* =ताप, ऊष्मा

thermodynamic थर्म-डाइ-नैमिक *a* ऊष्मागतिक; ~**s** (*n pl* usu treated as *sing*) ताप और उससे (यन्त्र द्वारा) होने वाले काम की मात्रा का विज्ञान, तापगतिकी, ऊष्मागतिकी

thermometer थर्-मॉमिटर *n* तापमापी, थर्मामीटर

thermometry थर्-मॉमिट्रि *n* तापमिति

thermonuclear थर्मो-न्यूक्लिअर *a*. ~ **bomb** हाइड्रोजन बम (see hydrogen)

thermos थर्मॉस *n* थर्मस, थर्मस बोतल (also ~ flask)

thermoscope थर्मस्कोप *n* वस्तु के तापमान का परिवर्तन दिखाने वाला यन्त्र, तापदर्शी

thermostat थर्म-स्टैट *n* ताप को स्थिर रखने का (स्वचालित) यन्त्र, तापस्थायी

thermostatic थर्म-स्टैटिक *a* & *n* तापस्थिरीकरण का, तापस्थैतिक; ~s (*n pl*) तापस्थिरीकरण-विज्ञान, तापस्थैतिकी, ऊष्मास्थैतिकी

thesaurus थिसॉरस *n* विस्तृत शब्दकोश (जिसमें अर्थ-समानता के आधार पर शब्दों का संकलन हो), बृहत्कोश; पर्यायकोश

these दीज़ (see 'this')

thesis थीसिस *n* (*pl* **theses** थीसीज़) **1** प्रतिपाद्य विषय, प्रमाणित किया जाने वाला कथन, प्रमेय, पूर्व पक्ष, स्थापना, दावा; **2** (विद्यार्थी का) खोजपूर्ण निबन्ध

theurgy थीअर्जि *n* **1** देवी-देवताओं से प्राप्त होने वाली सहायता, दैवी सहायता, **2** दैवी सहायता प्राप्त करने की विद्या, **3** दैवी चमत्कार

thews थ्यूज़ *n pl* **1** स्नायु; तन्त्रिकाएं; मांसपेशियां, शारीरिक बल, **2** (*fig*) मनोबल, चरित्रबल

they दे *pron* (*obj* **them**; *poss* **their**) *pl* of he, she, & it : वे, ये, लोग

thick थिक *a*, *n* & *adv* **1** मोटा, स्थूल [the wall, board, book, etc is very ~], **to have a ~ skin** (*fig*) मोटी अक्ल का होना, अपमान या भर्त्सना आदि से प्रभावित न होना, **2** मोटी तह या परत वाला, दलदार; **3** (of forest, hair, eyebrow; crowd, fog, darkness, etc) घना, सघन, निबिड़, **4** (of liquid, paste) गाढ़ा, प्रगाढ़ [~ sauce, soup, mud]; **5** बड़ी संख्या में, बहुसंख्यक, बहुत ज़्यादा [bodies lay ~ on the ground]; **6** *colloq* घनिष्ठ [~ as thieves]; **7 to lay it on ~** (i) बहुत चापलूसी करना; (ii) अतिरंजना करना; **8** मूर्ख, मूढ़; **9** (of voice) अस्पष्ट, भर्राया हुआ; *n* किसी वस्तु का मोटा या घना भाग; (*fig*) **in the ~ of the fight** वहां जहां भीषणतम युद्ध हो रहा हो, युद्ध के बीचोंबीच; (*colloq*) **through ~ and thin** (बड़ी या छोटी) हर तरह की कठिनाई या मुसीबत में; *adv* **1** मोटा-मोटा; spread the butter ~ मक्खन की मोटी तह लगाओ; **2** तेज़ी से, लगातार [Snow is falling ~], ताबड़-तोड़ [Blows fell ~ and fast]; *comb*: ~**-headed** मोटी अक्ल का, मन्दबुद्धि; ~**-set** *a* (i) (of hedge) घना, सघन, (ii) of person) गोल-मटोल; *n* = thicket; ~**-skinned** (*fig*) मोटी खाल का, जिस पर अपमान या भर्त्सना आदि का असर न हो; ~**-skulled**, ~**-witted** मूर्ख

thicken थिकन *vt* & *i* **1** गाढ़ा या घना करना या होना, **2** *vi* बहुसंख्यक हो जाना, बढ़ना [the crowd ~s]; 3 (of plot) और जटिल हो जाना

thicket थिकिट *n* पास-पास उगे हुए पेड़ों या झाड़ियों का झुंड, झुरमुट, गुल्म

thickly *adv*. ~ populated घनी आबादी वाला, गुंजान आबाद

thickness थिक्‌निस *n* **1** मोटाई, स्थूलता, **2** (of forest etc) घनापन, सघनता, **3** (of liquid) गाढ़ापन

thief थीफ़ *n* (*pl* **thieves**) चोर, तस्कर; उठाईगीर, उचक्का

thieve थीव *vt* & *i* **1** (चीज़) चुराना, **2** *vi* चोरी करना; ~**ry** *n* चोरी, चौर्य, तस्करी

thievish थीविश *a* जिसकी प्रवृत्ति चोरी करने की हो, चोट्टा, चोरटा

thigh थाइ *n* जांघ, जँघा, रान, ऊरु; ~-bone जंघास्थि, ऊर्वस्थि

thill थिल *n* (छकड़े, टांगे आदि का) बम

thimble थिम्बल *n* सिलाई करते समय उंगली पर लगाने की धातु की छोटी टोपी या छल्ला, अंगुलित्राण, अंगुश्ताना; ~**ful** *n* थोड़ी मात्रा, ज़रा सा [~ful of brandy etc]

thimblerig थिम्बल्‌रिग *n* & *vt* तीन अंगुश्तानों

और मटर के एक दाने का खेल (करना) जिसमें दाँव लगाने वालों को यह बूझना होता है कि दाना किस अंगुश्ताने के नीचे है; **thimblerigger** *n* ऐसा खेल करने वाला, पत्ताचोर, ठग

thin^1 थिन *a* 1 पतला, बारीक, महीन, (of cloth) झीना, (of air) सूक्ष्म, (of person) दुबला-पतला, छरहरा, कृशकाय, 2 (of forest) विरल, 3 (of population, crowd) दूर-दूर स्थित, विरल, कम, 4 *fig* मामूली, हल्का, सारहीन, ~ excuse बहाना जिस पर विश्वास न आए, अपर्याप्त कारण; ~ disguise बनावट या दिखावा जिसमें असलियत न छिपे, 5 *sl* बे-मज़ा, ख़राब (to have a thin time of it); 6 ~ **air** (*fig*) अदृश्यता, अभाव; appeared out of ~ air न जाने कहां से प्रकट हो गया; disappeared into ~ air न जाने कहां लुप्त हो गया; ~**ly** *adv.* thinly populated कम आबादी वाला; ~**ness** *n* पतलापन; झीनापन; दुबलापन; विरलता

thin^2 *vt* & *i* (-nn-) 1 पतला या बारीक या महीन करना, 2 दूर-दूर रखना या रहने देना, विरल करना [to ~ (out) seedlings], 3 (पेड़ के) कच्चे फलों की छांटी करना [to ~ a tree, vine], 4 *vi* पतला या बारीक होना; दुबला-पतला या कृशकाय हो जाना; विरल या कम घना हो जाना [Hair is ~ning; the crowd began to ~ out]

thine दाइन (see thy)

thing थिङ्ग *n* 1 चीज़, वस्तु, पदार्थ, 2 in *pl* चीज़ें, सामान [to pack up one's ~s], 3 (of animate object, esp. person, expr. pity, affection, contempt, etc) poor thing! बेचारा! बेचारी!, 4 बात, मामला, the ~ is this बात या मामला यह है; बात, काम [the only thing now is to find a substitute; he can get ~s done]; 5 **to know a thing or two** जानकार या अनुभवी या समझदार होना; I don't know a ~ about economics मुझे अर्थशास्त्र का कुछ नहीं आता; **not a ~** = nothing [doesn't mean a ~ to me], 6 (चीज़ का) नमूना, फ़ैशन [the latest ~ in hats], **quite the ~** बिल्कुल फ़ैशन के मुताबिक़, 7 *law* (in *pl*) सम्पत्ति, जायदाद [~s personal, real]; 8 (*colloq*) How are ~s? क्या स्थिति है? क्या हाल-चाल है? 9 (*used to introduce a reason*): **for one ~** पहली बात यह है कि, एक कारण यह है कि; **and another ~** अपि च, इसके अलावा

think थिङ्क *vt* & *i* (thought) 1 सोचना, विचारना, विचार करना, चिन्तन करना [he ~s much, speaks little]; Let me ~ मुझे सोच लेने दो, 2 सोचना, समझना, ख़्याल करना, कल्पना करना [I can't ~ the infinite], 3 विचार या इरादा करना, आशा करना [He ~s to deceive us]; *colloq* याद रहना, ख़्याल या ध्यान आना [Did you ~ to bring any money?]; 4 विचार या ख़्याल या राय होना, समझना, मानना [I ~ she is pretty]; 5 (*vi*) **to ~ for oneself** (अपना हानि-लाभ) ख़ुद सोचना; **Let me ~** (ठहरो!) मुझे तनिक सोच लेने दो; 6 *idioms*: **to ~ aloud** सोचते-सोचते बोलते जाना; **to ~ big** महत्त्वाकांक्षी होना; **to ~ fit to do** (वि० अनुचित काम को) ठीक समझना और कर डालना [He thought fit to abuse me] (also see fit^2); **to ~ little of** तुच्छ या घटिया समझना, **to ~ well, highly, of s.o.** किसी के बारे में अच्छी राय होना, आदर करना, अच्छा समझना; **to ~ better of sth** (i) ज़्यादा अच्छा समझना, (ii) अच्छी तरह सोच-विचार करके (इरादा) छोड़ देना या भिन्न निर्णय करना [It's a dangerous course. I hope you'll ~ better of it]; **to ~ twice** ख़ूब सोच-विचार करना, जल्दबाज़ी न करना; 7 (with *prepp*) to ~ **of, about** के बारे में सोचना, का ख़्याल करना, की कल्पना करना; to ~ too much of oneself अपने आपको बहुत समझना, दिमाग़ आसमान पर होना, to ~ **out** a plan etc ख़ूब सोच-विचार करके तरकीब निकालना, तरकीब सोच निकालना; to ~ **over** सोचना, विचारना, पर विचार करना [I ~ over what I have said]

thinkable थिङ्क-बल *a* जिसकी कल्पना की जा सके, कल्पनीय, चिन्तनीय

thinker थिङ्कर *n* विचारशील या विचारवान् व्यक्ति, मनन करने वाला, मनीषी, दार्शनिक

thinking थिङ्किङ्ग *n* & *a* 1 सोच-विचार, विचार-विमर्श, चिन्तन, मनन, राय, 2 **to my ~** मेरे विचार में (या विचार से), मेरी राय में, *a* विचारशील, मननशील, विचारवान्

thinner थिनर *n* (f. thin^2) गाढ़े रोग़न आदि को पतला करने वाला पदार्थ; तरलक

third थर्ड *a* & *n* 1 तीसरा, तृतीय; to travel ~ (रेल के) तीसरे दर्जे में यात्रा करना; ~ **degree** (see degree), 2 (insurance) ~**-party risks** बीमाकृत व्यक्ति के अतिरिक्त अन्य व्यक्ति को होने वाली क्षति जिसे बीमाकर्ता भरने का वादा करता है, अन्य व्यक्ति की क्षतिपूर्ति, ~**-party insurance** तृतीय पक्ष की क्षतिपूर्ति) का बीमा; ~**-class, ~-rate** घटिया, निम्नकोटि का; (*n*) तीसरा भाग, तृतीयांश, तिहाई, **Third World** तीसरी दुनिया (*i.e.* एशिया, अफ़्रीका और लैटिन अमरीका के वे देश जो अमरीकी या रूसी गुट में नहीं हैं)

thirst थर्स्ट *n* & *vi* प्यास, पिपासा, तृष्णा; *fig* उत्कट इच्छा या कामना, लालसा, तृष्णा [~ **of, for, after**, glory, knowledge, etc]; *vi* तरसना, लालायित होना [to ~ **for, after**, sth]

thirsty थर्स्टि *a* 1 प्यासा, to be *or* feel ~ प्यास लगना, प्यासा होना, 2 (of land) सूखा, ख़ुश्क; 3 *colloq* प्यास लगाने वाला [Digging trenches is ~work]

thirteen थर्टीन *a* & *n* तेरह की संख्या; ~**th** *a* तेरहवां

thirtieth थर्टिअथ *a* तीसवां; **thirty** थर्टि *a* & *n* तीस (की संख्या)

this दिस *dem pron* & *dem a* (*pl* **these**) **1** *pron* यह, ये [I knew this]; this much (esp. =what I am about to state) इतना [I know this much, that he is weak in English]; *adj* यह, this day आज, these days आजकल; this day last year पिछले वर्ष आज के दिन; I have been watching him these ten minutes मैं पिछले दस मिनटों से उसे देख रहा हू

thistle थिसल *n* एक कांटेदार झाड़ी जिस पर गोल-गोल दान हैं और सफ़ेद या पीले या बेंजनी फूल लगते हैं, गोखरू

thither दिदर *adv* (*arch*) वहां, उधर [to run hither and ~]

thole थोल *n*. ~(**pin**) चप्पू की टेक (का काम देने वाली कील जिससे अड़ा कर चप्पू को घुमाया जाता है)

thong थोंङ्ग *n* & *vt* चमड़े को पतली पट्टी या तसमा, (चमड़े का) कोड़ा; (पशु के गले का) पट्टा, *vt* **1** कोड़े मारना या लगाना **2** पट्टा बांधना

thoracic थॉ-रैसिक *a* (f. foll) छाती या वक्ष का, वक्षीय

thorax थॉरैक्स *n* छाती, सीना, वक्ष

thorium थॉरिअम *n* विकिरणशील धातु-विशेष, थोरियम

thorn थॉर्न *n* **1** कांटा, कंटक, **2** कंटीली झाड़ी; **3** to be *or* sit **on** ~s बड़े कष्ट में होना, अशान्त या उद्विग्न होना; **a ~ in one's flesh** *or* **side** निरन्तर परेशान करने या कष्ट देने वाली बात, ~**y** *a* कांटेदार [~y bush]; कंटकाकीर्ण [~y path; कष्टप्रद, कठिन [~y problem], विवादग्रस्त [~ subject]

thorough थर्-अ *a* **1** (of search, enquiry) छोटी से छोटी या एक-एक बात का ध्यान रख कर किया हुआ, सम्यक्रूपेण, विस्तारपूवक, **2** (of knowledge) पूरा, पूर्ण, संपूर्ण, अगाध, सम्यक्, (of work) कड़ी मेहनत से या जी लगाकर किया हुआ, **3** सच्चा, पक्का [a ~ Indian, nationalist, etc]; सरासर, पक्का [a ~ scoundrel]; **4** आमूल-चूल [a ~ change], **5** *comb*: **thoroughbred** *a* (of horse etc) शुद्ध नसल का, (of person) कुलीन; अभिजात; **thoroughfare** *n* आम रास्ता, सार्वजनिक मार्ग; ~**going** *a* (i) सरासर, पक्का, पूरा; कट्टर; (ii) जी लगाकर काम करने वाला, ~**paced** (of horse) हर तरह की चाल के लिए सधा हुआ, खूब सधा हुआ, *fig* सरासर, पक्का, पूरा [a ~paced scoundrel]; ~**ly** *adv* पूर्णतया, अच्छी तरह से, सम्यक्रूपेण

thou दाउ *pron* (*object* **thee**; *pl* **ye**) *arch* तू

though, tho' दो *conj* **1** (also **although**) यद्यपि, हालांकि [~ he is poor, he is honest], **2** चाहे, भले ही [it is better to ask him (even) ~ he refuse(s)]; **3 as ~** मानो, गोया, जैसे कि [He acts as ~ he were mad]

thought थॉट^1 *n* **1** चिन्तन, मनन [absorbed in ~]; सोच, विचार, चिन्ता, उधेड़-बुन, ऊहापोह, **2** विचारशक्ति [capable of ~], **3** सोच-विचार, **to take ~** (how to do sth) सोच-विचार करना; to act without ~ बिना सोचे-विचारे काम करना; after much ~ बहुत सोच-विचार के बाद; **to give ~ to** के बारे में विचार करना, **to have** *or* **take no ~ for** पर ध्यान न देना, की उपेक्षा करना, परवाह न करना, **4** विचार, इरादा, ख़्याल [I had no ~ of offending you]; a happy ~ अच्छा विचार, अच्छा या समयोचित सुझाव, **5** (usu in *pl*) विचार, ख़्याल, राय, मत; **second ~s** पुनर्विचार करने पर बनी धारणा; **on second ~s** पुनर्विचार करके, फिर सोचने पर, **6 thought-provoking** गंभीर विचार सुझाने वाला, गभीर चिन्तन की प्रेरणा देने वाला; ~**-reading** यह जान लेना कि दूसरा व्यक्ति क्या सोच रहा है, परचित्तज्ञान, ~**-reader** परचित्तज्ञ, **7** *adv phr* (*colloq*) **a thought** तनिक, थोड़ा सा [a ~ too blue; Cut it a ~ shorter]

thought^2 (*pt*, *pp* of think)

thoughtful थॉट्फ़ल *a* **1** विचारमग्न, ध्यानमग्न, **2** विचारशील, मननशील, **3** दूसरों का ख़्याल या लिहाज़ करने वाला [~ of others], **4** (of book) विचारपूर्ण, (of writer) नये-नये या मौलिक विचार प्रस्तुत करने वाला

thoughtless थॉट्लिस *a* **1** दूसरों का ख़्याल या लिहाज़ न करने वाला, बे-लिहाज़, बेपरवाह [~ of others], **2** बेसोचा-समझा, लापरवाही का [~ action]

thousand थाउज़न्ड *a* & *n* हज़ार (की संख्या), सहस्र; **one in a ~** हज़ारों में एक, कोई ही, विरला, दुर्लभ; **(a) ~ and one** असंख्य; ~**-fold** *a* & *adv* हज़ारगुना

thraldom थ्रॉल्डम *n* (f. foll) दासता, दासत्व, गुलामी

thrall थ्रॉल *n* & *vt* गुलाम (बनाना)

thrash थ्रैश *vt* **1** मारना, पीटना, कोड़े लगाना, **2** बुरी तरह हराना, मार भगाना, खदेड़ना [to ~ an adversary]; मात करना, **3** to ~ **out** (a question) पर अच्छी तरह विचार-विमर्श करना, विचार-विमर्श द्वारा सुलझा लेना, **4** = thresh; ~**ing** *n* **1** पिटाई, ठुकाई, मरम्मत [to give s.o. a ~ing]; **2** (esp in games] हार, पराजय

thread^1 थ्रेड *n* **1** (रूई, रेशम, ऊन आदि का) धागा, सूत, सूत्र; **to hang by a ~** (i) (of person's life) संकटमय स्थिति में होना, कच्चे धागे से लटका होना (ii) (of important issue) अनिश्चित स्थिति में होना, ऐसी बात पर आधारित होना जो स्वयं अनिश्चित हो; 2 (धागों को बट कर बनाई हुई) पतली रस्सी, डोरी, डोरा, 3 **gold ~** कलाबत्तू, ज़री; 4 (पेच की) चूड़ी, 5 (खनिज की) पतली परत, 6 (*fig*) **the ~ of life** जीवन की दिशा या मार्ग, ज़िन्दगी का रुख़; जीवनचर्या, 7 पूर्वापर संबंध, सिलसिला, क्रम, **to lose the ~ of one's discourse** भाषण का सिलसिला या क्रम याद न रहना, वक्ता को यह याद न रहना कि वह क्या कह रहा था, प्रसंग भूल जाना; **to resume** *or* **take up the ~ of** जहां छोड़ा था वहीं से फिर शुरू करना; 8 *comb*: **~bare** (*adj*) (of cloth) तार-तार (हुआ हुआ), फटा-पुराना; (of person) फटे कपड़े पहने (हुए), फटीचर; *fig* घिसा-पिटा [a ~bare argument]; **~-mark** (जालसाज़ी रोकने के लिए) नोट में बनी लकीर; **~worm** सूत्रकृमि (वि० जो बच्चों की गुदा में पाया जाता है)

thread^2 *vt* 1 (सूई में धागा, धागे में मोती आदि) पिरोना [to ~ a needle; to ~ pearls], 2 (टेढ़ी-मेढ़ी गलियों या भीड़ में से) सावधानी से कदम रखते हुए या रास्ता बनाते हुए जाना [to ~ one's way through the streets, crowded places]; 3 (पेच की) चूड़ियां बनाना; **~ed** चूड़ीदार

threat थ्रॅट *n* 1 धमकी, डरावा [to be under the ~ of dismissal], 2 डर, आशंका, खटका, अन्देशा [There is a ~ of rain]

threaten थ्रॅटन *vt* & *i* 1 डरावा देना, धमकी देना [to ~ s.o. with dismissal, death, etc; to ~ to do sth], 2 *vi* की आशंका होना [a storm is threatening; the strike ~s to spread]; **~ed** *a* 1 संकटापन्न, 2 आशंकित [the ~ed strike]; **~ing** *a* धमकी-भरा

three थ्री *a* & *n* 1 तीन (की संख्या); 2 (cards) तिक्का, तिक्की; 3 **the ~ R's** (=reading, writing and arithmetic) पढ़ना, लिखना और गणित, 4 **~-cornered** (contest) तिकोना या तीन व्यक्तियों या दलों में या त्रिपक्षीय (मुकाबला); **~-dimensional** *a* जिसमें लंबाई, चौड़ाई और मोटाई (प्रतीत) हो, त्रिविम, त्रिविमी; **~fold** *a* & *adv* तिगुना, त्रिविध, त्रिधा, **Three in One** = Trinity, 2; **~-legged race** ऐसे जोड़ों की दौड़ जिनमें से एक की दायीं टांग अपने साथी की बायीं टांग से बंधी होती है, तिटंगी दौड़; **~-ply** *a* तीन लड़ों का; तीन तहों को जोड़ कर बना हुआ, तीन तहों वाला, तिपर्ती; *n* तीन परतों वाली लकड़ी, तिपर्ती लकड़ी; **~-quarter(s)** *a* तीन-चौथाई; **~-quarters** *or* **~ quarters** *n* तीन-चौथाई भाग

threesome थ्रीसम *n* & *a* (chiefly Sc) 1 तीन व्यक्तियों का दल, त्रिक, त्रयी, 2 तीन का खेल; *a* त्रयी का

threnode थ्रॅनोड, **-dy** थ्रॅनडि *nn* शोकगीत, विलापगीत, मरसिया

thresh थ्रॅश *vt* अनाज की बालों को कूट कर दाने अलग करना, गाहना, दांवना [to ~ the corn]; **~ing** *n* 1 गाहने का काम, दवनी, दंवरी, 2 **~ing-floor** खलिहान, **~ing machine** गाहने की मशीन

threshold थ्रॅश्-होल्ड, थ्रॅशोल्ड *n* 1 देहली, दहलीज़, 2 *fig* द्वार, प्रवेशद्वार; आरंभ (से ठीक पूर्व की स्थिति या समय) [on the ~ of a revolution]; 3 *psych* चेतना की निम्नतम सीमा, अवसीमा, 4 *phys* प्रभाव-देहली

thrice थ्राइस *adv* 1 तीन बार, 2 तिगुना, 3 in *comb*: = बहुत अधिक, अत्यन्त [~-blessed, ~-favoured]; **~-told tale** घिसी-पिटी कहानी

thrift थ्रिफ़्ट *n* 1 मितव्ययिता, किफ़ायत, कमख़र्ची, 2 पौधों की कुछ किस्में [sea-~ etc]; **~less** *a* अपव्ययी, फ़ज़ूलख़र्च

thriftily थ्रिफ़्टिलि *adv* किफ़ायत से

thrifty थ्रिफ़्टि *a* 1 मितव्ययी, किफ़ायती, कमख़र्च, 2 समृद्धिशाली, फलता-फूलता

thrill थ्रिल *vt* & *i* & *n* 1 रोमांचित या पुलकित करना, उल्लसित करना, आनन्दविभोर करना [His voice ~ed the audience; I was ~ed to hear the (good) news]; 2 *vi* कांप जाना, थर्रा जाना, सिहर उठना, दिल धक् धक् करना [She ~ed at the (horrible) sight]; *n* 1 कंपकंपी, सिहरन, 2 रोमांच, हर्षातिरेक, उल्लास [It gave me quite a ~], 3 **a ~ of joy** ख़ुशी की लहर; **a ~ of horror** सिहरन, सिहरी; **~er** *n* रोमांचकारी या सनसनीपूर्ण उपन्यास या नाटक या फ़िल्म; **~ing** *a* रोमांचकारी

thrive थ्राइव *vi* (throve *or* ~d; thriven *or* ~d) 1 (of person) सफल होना, उन्नति करना, फलना-फूलना, सम्पन्न या समृद्ध होना, 2 (of business) बढ़ना, उन्नति करना, चमकना, 3 (of plant, child) अच्छी तरह बढ़ना, पनपना [The child is thriving on milk]

thro', thru थ्रू (see 'through')

throat थ्रोट *n* & *vt* 1 गला, गर्दन, ग्रीवा, कण्ठ, **to cut s.o.'s ~** किसी का गला काटना, **to cut one's own ~** अपना गला कटना, अपना नुक्सान आप करना; **to cut one another's ~s** एक-दूसरे का गला काटना, परस्पर बरबादी की नीति पर चलना; **to take s.o. by the ~** गला पकड़ना, गला घोंटने लगना; 2 गले का भीतरी भाग, ख़ुराक अथवा श्वास की नली; **sore ~** गले की सूजन, **to clear one's ~** गला साफ़ करना, **to stick in one's ~** (of proposal) गले के नीचे न उतरना, तत्क्षण स्वीकार्य न होना, जी में न जंचना, (of words) गले में अटक जाना, कह न पाना [The words of sympathy stuck in his ~],

to ram *or* **thrust sth down s.o.'s ~** किसी पर कोई विचार या राय लादना, कोई विचार ज़बरदस्ती मनवाना या सुनाना, 3 (चट्टानों के बीच नदी का) सँकरा भाग; *vt* नाली या झिरी या खांचा बनाना; ~y *a* (of voice) 1 कण्ठ-स्थानीय, कण्ठ्य; 2 भर्राया हुआ

throb थ्रॉब *vi* (-bb-) & *n* 1 (of heart, bosom) स्पंदित होना, (ज़ोर से) धड़कना, धक-धक करना [to ~ with fear]; उछलना [His heart ~bed with joy], 2 (अंग का) कांपना, फड़कना, फ़रना, 3 (of engine etc) हिलना; *n* 1 (दिल की) धड़कन, धुकधुकी; स्पन्दन; 2 (अंग की) फड़कन, कंपन, स्फुरण

throe थ्रो *n* (usu in *pl*) तीव्र पीड़ा, वेदना, यातना, घोर कष्ट, क्लेश; ~s of childbirth प्रसव-पीड़ा; ~s of death मरणकाल की वेदना या तड़प; **to be in the ~s of** (packing one's luggage etc) बड़ी कोशिश करना, से जूझना; में फंसा होना [The country is in the ~s of a political crisis]

thrombosis थ्रॉम्बोसिस *n* (शिराओं आदि में) रक्त का गाढ़ा होना या जमना, घनास्त्रता

thrombus थ्रॉम्बस *n* (*pl* **-bi**) जमा हुआ खून (जो रक्तसंचार में बाधा डालता है), खून का थक्का

throne थ्रोन *n* & *vt* 1 राजा या बिशप का आसन, सिंहासन, राजसिंहासन, गद्दी, राजगद्दी, तख़्त; to come to the ~ सिंहासनारूढ़ होना, गद्दी या तख़्त पर बैठना; 2 *fig* राज्याधिकार, गद्दी, राजसत्ता, सत्ता; *vt* =enthrone

throng थ्रॉङ्ग *n, vi* & *t* भीड़, जमघट, *vi* (वि० तंग जगह में) भीड़ करना या लगाना; बड़ी संख्या में जमा होना [to ~ **round s.o.**], *vt* [to ~ the streets]

throstle थ्रॉसल *n* गायक पक्षी-विशेष; ~**(-frame)** कातने की मशीन, एक प्रकार का चरख़ा

throttle थ्रॉटल *n, vt* & *i* 1 गला, खुराक की नाली, श्वास की नाली, 2 (इंजन में) भाप या गैस बन्द करने या खोलने का वाल्व, वाष्पनियन्त्रक कपाट (also ~-valve); *vt* 1 गला घोंटना, गला घोंट कर मारना, 2 आवाज़ न निकलने देना, अभिव्यक्ति न होने देना, 3 (इंजन में) वाष्प या गैस बन्द करना; 4 to ~ **back** *or* **down** (इंजन को) धीमा करना, गति कम करना

through, thro', thru थ्रू *prep, adv* & *a.* 1 *prep* से, में से [to look ~ the window]; में से होकर [a. path leads ~ the forest], 2 आरंभ से अन्त तक, **all ~ his life** जीवन भर; to go ~ a book पुस्तक को आद्योपान्त पढ़ना; 3 के द्वारा, के ज़रिये, के माध्यम से [Send it ~ the peon], 4 के कारण, की वजह से [~ ignorance, carelessness]; *adv* 1 आरंभ से अन्त तक, सदा [the trouble lasted all ~]; आद्योपान्त [Read it ~], 2 to let s.o. ~ किसी को गुज़रने या निकलने देना; 3 **to be ~ (with)** पूरा करना [When will you be ~ with your work?], 4 to see sth ~ कोई काम पूरा करा देना, 5 the train runs ~ to Delhi गाड़ी सीधी दिल्ली जाती है; 6 to get ~ to s.o. टेलीफ़ोन पर किसी से बात कर पाना, कनैक्शन मिल जाना [Put me ~ to the manager]; 7 **through and through** बिल्कुल, पूरी तरह से; *adj* ~ carriage, ~ train सीधा (जाने वाला) डब्बा, सीधी गाड़ी (जो रास्ते में न बदलनी पड़े)

throughout थ्रू-आउट *prep* & *adv* एक सिरे से दूसरे सिरे तक, सर्वत्र, ~ the country; ~ the length and breadth of the country देश भर में; ~ the year वर्ष भर; *adv* सर्वत्र [The timber was rotten ~], सदा; सारा समय [He was absent ~]

throw^{1} थ्रो *vt* (threw; ~n) I 1 फेंकना [to ~ stones]; **to ~ good money after bad** पहले घाटे की पूर्ति की कोशिश में और रुपया गंवा देना; **to ~ open** (the door, exhibition etc) पूरा या एक दम खोल देना, सब के लिए खोल देना, उद्घाटन करना; 2 डालना [to ~ a sheet over sth; to ~ a picture on the screen]; **to ~ dust** (see dust^{1}); **to ~ light** (see light^{1}, 6), 3 (of horse) गिराना, पटकना [the horse throws its rider]; (of wrestler) पटकना, पछाड़ना [to ~ an opponent]; **to ~ oneself at s.o.** किसी को पति, पत्नी या मित्र बनाने के लिए निर्लज्जतापूर्वक उसके पीछे पड़ना, किसी के ऊपर गिरना; II (with *prepp*) to ~ **about** इधर-उधर फेंकना, बिखेरना; to ~ one's money about रुपया लुटाना, रुपये का अपव्यय करना; to ~ **away** फेंक देना, (*fig*) **to ~ away a chance** अवसर खोना या गंवाना या हाथ से जाने देना; to ~ **in** (a word) बीच में बोल पड़ना; **to ~ one's hand in** (*fig*) कोई काम करने की कोशिश छोड़ देना, प्रतियोगिता से हट जाना; **to ~ in one's lot with** s.o. किसी की किस्मत का शरीक बनना; किसी के सुख-दु:ख का साथी बन जाना; **to ~ oneself into sth** किसी काम में जुट जाना; to ~ **off** (one's clothes etc) उतार फेंकना; **to ~ off the mask** अपना असली रूप दिखाना, अपना इरादा प्रकट कर देना (also see mask^{1}); to ~ **out** बाहर फेंक देना; निकाल देना; *Parl*: **to ~ out a bill** विधेयक अस्वीकार करना; to ~ out a feeler (see feeler); to ~ out one's chest छाती फुलाना; छाती तानना, छाती तानकर खड़ा होना; **to ~ oneself (up)on s.o.** (i) पर टूट पड़ना, आक्रमण करना, (ii) के सहारे पर छोड़ देना [He threw himself upon the mercy of the judge]; to ~ **together** (i) झटपट एकत्र या संकलित करना; (ii) लोगों को (यों ही) मिला देना [Chance had ~n us together at the village fair]; to ~ **up** उछालना; to ~ up one's hands हाथ उठाना या ऊंचे करना; to ~ up one's hands in horror डर के मारे हाथ उठाना; to ~ **up one's job** नौकरी छोड़ देना, नौकरी से इस्तीफ़ा देना, नौकरी पर लात मारना

throw^2 *n* 1 फेंक, विक्षेप [javelin-~]; (जाल का) फेंकाव; 2 जहां तक पत्थर या क्षेपास्त्र फेंका जा सके, **a stone's ~** पत्थर फेंकने की दूरी; (loosely) थोड़ी दूरी (see stone^1, 5); 3 (in dice) पाँसा फेंकने की बारी, चाल, दाँव, (in wrestling) पछाड़, 4 *geol* परत में खाली जगह या दरज, स्तर-भंग; ~**ing** *n* क्षेपण, प्रक्षेपण

thrum^1 थ्रम *n* 1 बुना हुआ कपड़ा करघे से काट लेने पर उस पर लगे शेष धागे या तार; (ऐसा एक) धागा, तार; 2 गुच्छा, लच्छा, झब्बा

thrum^2 *vi* & *t* (mm-) & *n* 1 अनाड़ी की तरह बजाना, झंकारना [to ~ (on) the piano etc], 2 ठक-ठक करना, ठकठकाना [to ~ (on) the table etc]; *n* झंकार; ठक-ठक

thrush^1 थ्रश *n* पक्षियों की जाति-विशेष, **song-~** इस जाति का गायक पक्षी

thrush^2 *n* 1 बच्चों का रोग जिस में मुंह और गले में छाले पड़ जाते हैं, मुखपाक; 2 घोड़े के तलवे के मध्य में होने वाला रोग

thrust थ्रस्ट *vt* & *i* (thrust) & *n* 1 एकाएक या ज़ोर से डालना, डाल लेना या देना [to ~ one's hands into one's pockets]; Some have greatness thrust upon them कइयों को महान् बना दिया जाता है; 2 भोंकना, घुसाना, घुसेड़ना [to ~ a dagger into s.o.'s back], 3 धकेलना, ढकेलना [to ~ s.o. out of the room]; to ~ **back** पीछे धकेलना, to ~ **forward** आगे धकेलना; to ~ oneself forward ज़ोर लगा कर आगे बढ़ना; 4 to ~ **oneself in, to ~ one's nose in** टांग अड़ाना, दख़ल देना, 5 (*vi*) to ~ **at** s.o. (with a spear etc) प्रहार (करने की कोशिश) करना, वार करना; *n* 1 धक्का, धकेल, ठेल; थपेड़ा, 2 *mil* शत्रु के इलाके में घुसने की कोशिश, दवाव, 3 बल, ज़ोर, कोशिश [The ~ of our policy is . . .]; 4 हथियार की नोक का वार या प्रहार, 5 (in debate etc) कटाक्ष, व्यंग्य, फबती [a shrewd ~], 6 *mech* दबाव; प्रतिबल

thud थड *n* & *vi* (-dd-) धम, धमाका, *vi* धम से गिरना

thug थग, ठग *n* ठग, लुटेरा; गुंडा, हत्यारा

thumb थम *n* & *vt* 1 अंगूठा, अंगुष्ठ; **he has ten ~s; his fingers are all ~s** उसे हाथों से काम करना नहीं आता; वह अनाड़ी है; **to be under s.o.'s ~** किसी के वश में होना, मुट्ठी में होना; **T~s down** अस्वीकृति का संकेत, **Thumbs up!** परमसन्तोषसूचक उक्ति, वाह वाह! क्या कहने! बड़ा मज़ा है!, 2 *comb*: ~-nail अंगूठे का नाख़ून; (*adj*) **~-nail sketch** अंगूठे के नाख़ून के बराबर चित्र, लघु चित्र; दुहर्फ़ी या लघु शब्दचित्र; **~-print** अंगूठे का निशान, **~screw** (यातना देने के लिए) अंगूठे का शिकंजा; **~-stall** अंगुष्ठ-त्राण, अंगुश्ताना; *vt* (पृष्ठों आदि पर) अंगूठे के निशान लगा देना, अंगुठे के निशानों से मैला कर देना; **to ~ a lift** (अंगूठे से अपनी अभीष्ट दिशा का संकेत करके) किसी की मोटरगाड़ी में मुफ़्त यात्रा करने की अनुमति मांगना (और पाना)

thump थम्प *vt* & *i* & *n* 1 (वि॰ मुक्कों से) खूब पीटना, मरम्मत करना, 2 थप-थप करना, थपथपाना [to ~ (at, on) the table], 3 (of heart) ज़ोर-ज़ोर से धक-धक करना, *n* 1 धम, धमाका, धड़ाका, 2 (मुक्के का) प्रहार, भारी चोट

thumper थम्पर *n* (*colloq*) 1 बृहदाकार या शानदार वस्तु या व्यक्ति, 2 बहुत बड़ा झूठ

thumping थम्पिङ्ग *a* बहुत बड़ा [a thumping lie]

thunder^1 थन्डर *n* 1 मेघगर्जन, बादल की गरज, बिजली की कड़क; 2 बिजली, वज्र, 3 ज़ोर की आवाज़, गर्जन, गड़गड़ाहट [~ of applause], धूंआधार भाषण; **to steal s.o's ~** (*fig*) किसी की दलीलों को पहले से जानकर उनका प्रयोग करना जिससे कि बाद में उसका भाषण फीका लगे, किसी का गर्जन या भाषण निष्प्रभाव कर देना; किसी के आविष्कार का उससे पहले उपयोग करके फ़ायदा उठाना; 4 (in *pl*) धमकियां; 5 *comb*: **~bolt** बिजली की चमक और गरज, वज्र, वज्रपात, (*fig*) भयङ्कर धमकी, होश उड़ा देने वाली ख़बर, वज्रपात; **~clap** बिजली की गरज, गड़गड़ाहट, *fig* आकस्मिक भीषण घटना या समाचार, बहुत बड़ा अनर्थ, वज्रपात, वज्राघात; **~-cloud** गरजने वाला बादल; **thunder-shower** गरज के साथ (थोड़ी देर) वर्षा; **~storm** गरज के साथ आंधी, गरज के साथ भारी वर्षा; **~struck** *a* जिस पर बिजली गिरी हो, वज्राहत; *fig* हक्का-बक्का, हतबुद्धि

thunder^2 *vi* & *t* 1 गरजना, कड़कना [it ~s, is ~ing], 2 *vt* गरज कर कहना [to ~ out threats]

thundering थन्डरिङ्ग *a* & *adv* (*colloq*) असाधारण, बहुत बड़ा [a ~ nuisance], *adv* अत्यन्त [am ~ glad]

thunderous थन्डरस *a* गरज का; गड़गड़ाहट-भरा, ~ applause तालियों की गड़गड़ाहट, ज़ोर की वाहवाही; खूब प्रशंसा या अनुमोदन

thundery थन्डरि *a* गरज का, गरज-भरा [~ weather]

thurible थ्युअ-रिबल *n* धूपदान, अगरदान

thurifer थ्युअ-रिफ़र *n* धूपदान ले कर चलने वाला गिरजे का कर्मचारी, धूपवाहक

Thursday थर्ज़्-डे *n* बृहस्पतिवार, गुरुवार

thus दस *adv* 1 इस प्रकार, इस तरह (से), 2 अत:, इस लिए, परिणामस्वरूप, तदनुसार; 3 ~ far यहां तक; ~ much इतना

thwack थ्वैक *vt* & *n* = whack

thwart थ्वॉर्ट *vt* 1 (किसी का) विरोध करना, काम न बनने देना, 2 बाधा डालना, विफल करना, पूरा न होने देना [to ~ s.o.'s plans, wishes]

thy दाइ, **thine** दाइन *pron* & *a* (*arch*) तेरा

thyme टाइम *n* जंगली अजवायन; **thymol** थाइमल *n* अजवायन का सत

thymus थाइमस *n* (usu. ~ **gland**) गर्दन के निचले भाग में स्थित ग्रन्थि (जो बालक के युवा होने पर बहुत छोटी रह जाती है), बाल्यग्रन्थि

thyroid थाइअ-रॉइड *a* & *n*. 1 *a* ढाल के आकार का [~ cartillage]; 2 *n* (also ~ **gland**) गले के अगले भाग में ग्रन्थिविशेष (जिससे निकलने वाला रस शरीरवृद्धि को नियमित करता है), गलग्रन्थि, अवटुग्रन्थि

ti टी *n* भक्ष्य जड़ों वाले पेड़ों की किस्में, टी

tiara टि-आर: *n* 1 प्राचीन ईरानी पगड़ी, 2 स्त्री का छोटा सजावटी मुकुट (=coronet, 2), 3 (पोप का) त्रिमुकुट, ताज, *fig* पोप का पद

tibia टिबिअ *n* (*pl* -**ae**) पिंडली की नली या हड्डी, अन्तर्जंघिका

tic टिक *n* 1 (वि॰ चेहरे की) पेशियों की स्वत: होने वाली सिकुड़न, 2 ~ **douloureux** चेहरे की तंत्रिकाओं का दर्द, मुखतन्त्रिका-शूल

tick^{1} टिक *n* 1 (घड़ी की) टिक-टिक; **to** *or* **on the** ~ घंटा बजते ही, ठीक समय पर, ऐन वक्त पर, 2 क्षण, क्षण भर; 3 (जांच करते समय किसी मद पर लगाया जाने वाला) सही का निशान (√); 4 ~-**tack** (हृदय की) धड़कन या स्पन्दन की आवाज़, ~-**tock** (बड़ी घड़ी की) टिक-टिक

tick^{2} *vi* & *t* 1 टिक-टिक करना, **what makes one** ~ (व्यक्ति का) प्रयोजन, उद्देश्य; 2 पर टिक का चिन्ह लगाना [to ~ **sth off**]; to ~ **s.o. off** (*sl*) झिड़कना, डांटना [He ~ed me off for being late], 3 (of clock) **to** ~ **away the time** टिक-टिक करके समय का बीतना सूचित करना, 4 (of telegraph, tape machine) to ~ out a message टिक-टिक करके सन्देश अंकित करना

tick^{3} *n* कुत्ते, भेड़ आदि के शरीर पर चिमटने वाला कीड़ा, चिचड़ी, किलनी [dog-~, sheep-~, etc]

tick^{4} *n* 1 गिलाफ़, 2 गिलाफ़ का (मोटा) कपड़ा

tick^{5} *n* (*colloq*) उधार [to buy sth on ~]

ticker टिकर *n* (*colloq*) 1 घड़ी; टिक-टिक करने वाला यन्त्र, टेप-मशीन, 2 *joc* दिल, हृदय

ticket टिकिट *n* & *vt* 1 टिकट; **return** ~ वापसी टिकट; 2 लेबल, चिट, पर्ची, 3 (U.S. *polit*) पार्टी द्वारा खड़े किये उम्मीदवारों की सूची, टिकट; *fig* पार्टी के उसूल, *vt* लेबल या चिट लगाना; ~-office टिकट घर

tickle टिकल *vt* & *i* & *n* 1 गुदगुदाना [to ~ s.o.; to ~ the soles of s.o.'s feet]; **to** ~ **s.o.'s fancy** किसी का चित्त प्रसन्न करना, को बहुत पसन्द आना; (of food) to ~ **the palate** स्वादिष्ट लगना; to ~ **s.o.'s vanity** किसी को फुलाना; 2 जी बहलाना, रिझाना, हँसाना; (*colloq*) to be ~**d to death** *or* ~**d pink** at sth किसी बात पर हंसते-हंसते पेट में दर्द पड़ना, लोट-पोट हो जाना, 3 *vi* चुनचुनाना, झुनझुनी होना [my hand, foot, ~s]; *n* 1 गुदगुदाहट, 2 गुदगुदी [to give s.o. a ~]

tickler टिक्लर *n* चकरा देने वाला प्रश्न; जटिल समस्या, नाज़ुक मामला

ticklish टिक्लिश *a* 1 (of question, subject, task) टेढ़ा, चकरा देने वाला, कठिन, जटिल, नाज़ुक, 2 (of person) ज़रा सी बात पर नाराज़ हो जान वाला, बुरा मान जाने वाला [He is ~ about being interrupted]

tidal टाइडल *a* 1 (f. foll) ज्वार का, ज्वारीय, 2 ज्वार-भाटे या समुद्र के उतार-चढ़ाव से प्रभावित, जहां ज्वार-भाटा आता हो [~ basin, dock, harbour]; 3 ~ **bore** बड़ी ज्वार; ~ **water** ज्वार का पानी; ~ **wave** बहुत बड़ी समुद्री लहर (जैसी कि भूकंप या तूफ़ान के कारण उठती है), *fig* क्रोध या जोश या हर्ष आदि की लहर [a ~ wave of public indignation, enthusiasm, etc]

tide^{1} टाइड *n* 1 समय, मौसम (*arch* exc. in even-~, christmas~); 2 ज्वार-भाटा; समुद्र के जल का चढ़ना, लहर का तट की ओर बढ़ना, ज्वार [flood-~], समुद्र के जल का उतरना, लहर का पीछे हटना, भाटा [ebb-~]; **the** ~ **is in** पानी चढ़ा हुआ है, **the** ~ **is out** पानी उतर गया है; **high** ~ समुद्र के जल का अधिकतम चढ़ाव, पूरा चढ़ा हुआ समुद्र; **low** ~ समुद्र के जल का पूरा उतार; पूरी तरह उतरा हुआ समुद्र; **spring**-~ (see spring, 8); **neap**-~(see neap); 3 *fig* प्रचलित या सामयिक विचारधारा, प्रवाह, बहाव [to go, with the ~, against the ~]; भाग्य का उतार-चढ़ाव; the ~ turned भाग्य बदला; **the** ~ **of the battle turned** हारने वाला पक्ष जीतने लगा; जीतने वाला हारने लगा; लड़ाई का पासा पलट गया; 4 *comb*: ~-**gate** ज्वारभाटा-द्वार (जिसे ज्वार के समय खोल दिया जाता है और भाटे के समय बन्द कर दिया जाता है); ~-**land** ज्वार-जल से आप्लावित भूमि, ज्वारभूमि; ~ **water** ज्वार-जल

tide^{2} *vi* & *t* 1 (ज्वार या भाटे के साथ) बहना,

to ~ into port चढ़ती लहर के साथ बन्दरगाह में आना; to ~ out of port उतरती लहर के साथ बन्दरगाह से बाहर निकलना, 2 (*vt* & *i*) **to ~ (s.o.) over a difficulty etc** कठिनाई से पार होना (या किसी को पार ले जाना); This sum will ~ us over इस रकम से हम कठिनाई पार कर लेंगे, यह रकम हमारी मुश्किल हल कर देगी

tidiness टाइडिनिस *n* (f. tidy) 1 क्रमबद्धता, सुव्यवस्था, तरतीब, 2 सफ़ाई, सुथरापन

tidings टाइडिंग्ज़ *n* (chiefly *liter*, as *sing* or *pl*) समाचार, ख़बर

tidy^{1} टाइडि *a* 1 (of room etc) जिसमें चीज़ें सुव्यवस्थित ढंग से या क़रीने से रखी हों, (of dress) स्वच्छ, साफ़-सुथरा, (of person) साफ़-सुथरा; सफ़ाईपसन्द; ढंग से काम करने वाला, 2 *colloq* काफ़ी बड़ा, पर्याप्त; left a ~ sum when he died काफ़ी बड़ी रकम छोड़ मरा

tidy^{2} *vt* 1 (चीज़ों को) क्रमबद्ध करना, ठीक, ढंग से रखना; ठीक-ठाक करना [to ~ **up** a room]; सँवारना [to ~ one's hair], 2 (also *abs*) **to ~ (oneself) up** वेशभूषा ठीक करना

tie^{1} टाइ *vt* & *i* (tied; tying) 1 बांधना [to ~ up a parcel], कसना, जकड़ना; 2 गांठ देना, गांठ देकर बांधना; **to ~ one's ~** नेकटाई बांधना या लगाना, **~-and-dye** बांधनू की रंगाई, 3 नियन्त्रित करना, जकड़ना, बांधना, विवश करना, (*colloq*) to ~ s.o.'s hands किसी के हाथ बांध देना, स्वेच्छा से काम करने की स्वतन्त्रता छीन लेना; to ~ s.o.'s tongue किसी को बोलने (की स्वतन्त्रता) न देना, चुप रहने पर मजबूर करना, **to be tied to one's work** सदा काम में जुता रहना, 4 to ~ **down** आज़ादी कम करना, बन्धन में डालना, बांध देना [young children ~ down a woman]; प्रतिबन्ध लगाना, पाबन्द करना, **to ~ s.o. (down) to conditions** शर्तों का पाबन्द करना; पर शर्तें लगाना, 5 (कड़ियों को अन्य कड़ी के द्वारा) परस्पर जकड़ना, 6 to ~ **on** (एक वस्तु को रस्सी से दूसरे के) साथ बांधना, संलग्न करना; 7 to ~ **in** (*or* **up**) **with** sth से संबद्ध करना; जोड़ना [Tie up your programme with that of his]; **to ~ up** money etc रुपया लगा देना (जिससे आसानी से वापस न लिया जा सके), 8 *vi* (sport, contest) बराबर आना या रहना [to ~ (for the first place or prize) **with** s.o.]; 9 **~-up** *n* (see 7 above) संबंध, साझेदारी, गंठबन्धन

tie^{2} *n* 1 (बांधने की) रस्सी या डोरी आदि, बन्धन, 2 गांठ, 3 *fig* घनिष्ठ संबंध, नाता, लगाव [~s of friendship, blood, etc], 4 नेकटाई, 5 दूसरी कड़ियों को परस्पर जकड़ने वाली कड़ी, तान; **~-beam** तान धरन, 6 (*mus*) दो सुरों को मिलाने वाली शिरोरेखा, 7 (sport, contest, etc) बराबर का खेल या मुक़ाबला, बराबर का स्कोर, बराबरी [the election *or* match ended in a ~]

tier टिअर *n* & *vt* 1 एक-दूसरी के ऊपर लगी हुई आसन-पंक्तियां; ऐसी एक पंक्ति, कतार, आसन-पंक्ति; सोपान-श्रेणी, निःश्रेणी [~s of seats], 2 दर्जा; *vt* एक-दूसरे के ऊपर रखना या लगाना, ऊपर-तले रखना, सोपानवत् या सीढ़ीनुमा बनाना

tierce टिअर्स *n* (cards) तीन अनुक्रमिक पत्ते

tiercel टिअर्सल *n* (see tercel)

tiff टिफ़ *n* 1 खीज, नाराज़गी, तनिक झगड़ा [They have had a ~]; 2 शराब का घूंट

tiffany टिफ़नि *n* महीन मलमल

tiffin टिफ़िन *n* (Anglo-Ind) दोपहर का खाना, टिफ़िन

tiger टाइगर *n* 1 बाघ, व्याघ्र, शार्दूल; to work etc like a ~ ज़ोर-शोर से काम करना; **paper ~** व्यक्ति जो देखने में डरावना हो परन्तु कुछ कर न सके, काग़ज़ी शेर, 2 *colloq* खेल आदि में ज़बरदस्त प्रतिद्वन्द्वी, 3 **~-cat** बिडाल-जाति का कोई जानवर (जो बाघ से छोटा और बिल्ली से बड़ा हो; *e.g.* ocelot *q.v.*); **tiger's eye, ~-eye** पीले-भूरे रंग का चमकदार रत्न-विशेष; **~-moth** धारीदार एवं चित्तीदार पंखों वाला पतंगा-विशेष; **~ish** *a* निर्दय, क्रूर, खूंख़ार

tight टाइट *a* & *n* & *adv* 1 जिसमें हवा, जल आदि न प्रवेश कर सके न निकल ही सके, अप्रवेश्य, -रोधी, **air~** वायुरोधी, **water~** जलरोधी; 2 (of container) ठसाठस भरा हुआ, 3 (of rope etc) कसा हुआ, तना हुआ (also see 7), 4 (of screw, nut, cork, knot, etc) जो आसानी से न हिले या खुले, खूब कसा हुआ, कड़ा, दृढ़, पक्का, to **keep a ~ hold over** sth कस कर या मज़बूती से पकड़ना, 5 जहां बहुत दबाव पड़ रहा हो, भीड़-भाड़ के कारण जहां कोई पिस जाए; **to be in a ~ corner** *or* **place** (*fig*) कठिन परिस्थिति में होना, 6 (of money etc) दुर्लभ; ~ money-market शेयर बाजार जहां क्रय-विक्रय या लेन-देन बहुत कम हो; जहां ऊंचे ब्याज पर ही रुपया मिल सके; 7 **~ schedule** *or* **programme** ऐसा कार्यक्रम जिसके बीच तनिक फ़ुरसत न हो; अतिव्यस्त कार्यक्रम, 8 *comb*: **~-fisted** कंजूस, **~-lipped** जो कुछ न बोले या कुछ न बताये, चुप्पा; **~rope walker** (तनी हुई) रस्सी पर चलने वाला, नट, बाजीगर; *n.* ~s (नर्तकों, बाजीगरों आदि के) लचीले चुस्त कपड़े; स्त्री का पैरों से कमर तक का जुर्राब-जैसा लचीला अधोवस्त्र; *adv* कस कर, मज़बूती से [Hold me ~]; **to sit ~** जम कर बैठना; (*colloq*) अपनी बात पर अड़े रहना, टस से मस न होना; **~-fitting** *a* बहुत कसा हुआ

tighten टाइटन *vt* & *i* 1 कसना [to ~ a screw, cork, knot], कस कर बांधना [to ~ a strap], **2 to ~ one's belt** (*colloq*) कम खाना, अपना पेट काटना; *fig* कम ख़र्च करना, **3** खींचना, कसना, तानना [to ~ a rope], **4** कड़ा करना, दृढ़ या मज़बूत करना [to ~ (up) restrictions, security measures]

tightly टाइट्लि *adv* कस कर, मज़बूती से; **tightness** *n* **1** अप्रवेश्यता (see tight, 1), **2** (रस्सी का) तनाव, **3** (पोशाक की) कसावट, चुस्ती, **4** (रुपये की) दुर्लभता, **5** (सुरक्षा-उपायों की) कड़ाई, दृढ़ता, मज़बूती

tigress टाइग्रिस *n* व्याघ्री, बाघिन

tike, tyke टाइक *n* **1** बाज़ारी कुत्ता, **2** कमीना आदमी

tilbury टिल्बरि *n* दोपहिया घोड़ा-गाड़ी

tile टाइल *n* & *vt* **1** खपड़ा, खपरा, खपरैल; semi-cylindrical ~ नरिया, **2** दीवार या फ़र्श पर लगाने का पालिश किया हुआ चौकोर टुकड़ा, टाइल; **to have a ~ loose** (*sl*) सनकी होना; *vt* (छत पर) खपड़ा छाना, खपरैल डालना, (दीवार पर) टाइल लगाना; **~d** *a* खपरैलदार; **~d roof** खपरैल की छत; **~d floor** टाइलदार फ़र्श

till¹ टिल *vt* (ज़मीन) जोतना, हल चलाना, खेती करना; **~able** *a* जोतने योग्य, खेती के लायक, कृषियोग्य; **~age** *n* **1** जोताई, जुताई, **2** कृषि, खेती, काश्त

till² *n* (दुकान में) रुपया-पैसा रखने की दराज़, गल्ला, गोलक, तिजोरी

till³ *prep, conj* तक [Wait ~ my **return**]; *conj* जब तक · · · न [Wait ~ I return]

tiller¹ टिलर *n* (f. till¹) किसान, काश्तकार, कृषक

tiller² *n* (दिशा परिवर्तन के लिए) पतवार घुमाने का लीवर, पतवार का डंडा; कर्णदण्ड

tiller³ *n* **1** = sucker 4; **2** पौधा, छोटा-सा पेड़

tilt¹ टिल्ट *vt* & *i* & *n* **1** (एक ओर को) झुकाना [to ~ one's chair back]; to ~ over a table मेज़ को झुकाते-झुकाते गिरा देना, उलटा देना, **2** *vi* झुकना; to ~ over उलट जाना, **3 to ~ at s.o.** (बरछा ले कर) किसी पर टूट पड़ना, बरछे से आक्रमण करना, *fig* किसी पर घोर आक्षेप करना; *n* **1** एक ओर को झुकाव [to give a cask a ~], **2** (लक्ष्य या व्यक्ति पर) बरछा फेंकना, बरछे का विक्षेप या प्रहार; (*colloq*) **to have a ~ at s.o.** किसी पर कटाक्ष करना; **3 full ~** पूरी तेज़ी से, पूरे ज़ोर के साथ [to come *or* run full ~ against s.o., sth]

tilt² *n* & *vt* (छकड़े आदि की) किरमिच की छत, तिरपाल, चँदवा, *vt* तिरपाल डालना या लगाना, चँदवा तानना

tilth टिल्थ *n* **1** जोताई, काश्त, कृषिकर्म, **2** ज़मीन की खुदाई की गहराई; जोती हुई ज़मीन की हालत

timber टिम्बर *n* & *vt* **1** इमारती लकड़ी, काष्ठ, **2** इमारती लकड़ी का पेड़ [standing ~], **3** शहतीर; *naut* = futtock, **4** (*colloq*) **~-toe(s)** *sl* लकड़ी की टांग वाला आदमी, काष्ठजंघ, *vt* (खान की दीवार पर) लकड़ी जड़ना, काठबन्दी करना; **~ing** *n* काठबन्दी; **~ed** *a* (of building) काष्ठनिर्मित

timbre टैम्बर *n* (व्यक्ति या यन्त्र की) ध्वनि की विशेषता, स्वरविशेषता, ध्वनिरूप

Timbuctoo टिम्बक्-टू *n* बहुत दूर जगह [name of a town in Mali, W. Africa]

time¹ टाइम *n* **I 1** समय, काल, वक़्त [~ will show who is right]; **against ~** बड़ी तेज़ी के साथ; We are working against ~ हम बड़ी तेज़ी से काम कर रहे हैं ताकि वह समय पर पूरा हो जाए; **it is a race against ~** समय थोड़ा है और तेज़ी के साथ काम करना होगा; **2** (usu in *pl*) (ऐतिहासिक) समय, काल, युग, ज़माना, दौर [the ~s of Asoka]; **in olden ~s** पुराने ज़माने में; **Time was when . . .** (एक) समय था जब; **a sign of the ~s** समय का लक्षण, ज़माने का रंग-ढंग; to be behind the ~s पिछड़ जाना, पिछड़ा हुआ होना, पुराने विचार का होना, **3** (परिमित) समय, अवधि, मियाद, मुद्दत; देर, in a short ~ थोड़ी देर में, after a long ~ बड़ी मुद्दत या देर के बाद, to take a long ~ over sth किसी काम में बहुत समय या देर लगा देना; to do sth **in no ~** (*or* in less then no ~) पल भर में या तुरन्त या झट कर देना; to have **no ~ for** के लिए समय न निकाल पाना या समय न होना; **to have the ~** (i) समय होना; (ii) वक़्त का पता होना; **4** (उपयुक्त) क्षण या समय, वक़्त, अवसर, मौका [There is a ~ for everything; Now is the ~ to press your demand]; **5** (नियत) समय, वक़्त [lunch-~, dinner-~]; to arrive **on ~** ठीक वक़्त पर पहुंचना, to be **before ~** पहले पहुंच जाना; to be behind ~ देर मे आना या पहुंचना; she is near her ~ उसका प्रसवकाल निकट है; **6** (ख़ाली) समय, वक़्त, अवकाश, फ़ुरसत, to have ~ on one's hands फ़ुरसत होना, **7** (दिन या रात्रि का) समय-विशेष, बजा, **what's the ~** क्या बजा है? कितने बजे हैं? to look at the ~ घड़ी देखना; (*of watch*) **to keep good ~** ठीक वक़्त देना; **8** (i) बार, दफ़ा, मरतबा, for the first ~ पहली बार, next ~ अगली बार; **~ and (~) again** बार-बार, बहुत बार; **~ after ~** बार-बार; **many a ~**; **~s without number** अनेक बार, बहुत दफ़ा; **one at a ~** एक-एक कर के; (ii) गुना [three ~s 7 is 21], **9** अवस्था, आयु, उम्र [at my ~ of life]; **10** अन्त समय, मृत्युकाल [His ~ is come], **11** *mus* ताल, **to beat ~** ताल देना;

II (*other idioms*) **to bide one's ~** मौके का इन्तज़ार करना; **to gain ~** टाल-मटोल करके और समय पा लेना; **to have a good ~ (of it)** मौज करना, मज़े करना, आनन्द मनाना या लूटना; **to have a bad ~ (of it)** दुःख उठाना, कठिनाइयों का सामना करना पड़ना, **to lose no ~** in doing sth काम करने में देर न करना, झट-पट कर देना; **to mark ~** एक ही जगह पर पैर उठाते और रखते रहना पर आगे न बढ़ना, *fig* (i) वहीं का वहीं रहना, प्रगति न करना, (ii) मौके का इन्तज़ार करना; **to play for ~** टाल-मटोल करके और समय पाने की कोशिश करना; **to serve one's ~** (नियत मुद्दत तक) काम सीखना, प्रशिक्षण-काल बिताना; **Take your ~** जल्दी मत करो; **~ hangs heavy** on his hands उसका समय काटे नहीं कटता; III (*other phrases*) **at ~s** कभी-कभी, कभी-कभार, **between ~s**=between whiles; **from ~ to ~** कभी-कभी, बीच-बीच में, **some ~ or other** कभी न कभी; **at one ~** एक बार, कभी, पहले कभी; **in ~** समय पर, **in good ~** समय से (कुछ) पहले, **out of ~** (*adv*) बेमौके, असमय, बेवक्त, (*adj*) बे-मौका, *mus* बे-ताल; **at the same ~** (i) एक ही समय या क्षण में [you can't be in two places at the same ~]; (ii) साथ ही, फिर भी, तो भी [At the same ~ you must not forget . . .], IV *comb*: **~-barred** जिसकी मियाद गुज़र चुकी हो, काल-बाधित, कालातीत, **~ bomb** नियत समय पर फटने वाला बम, मियादी बम; **~-bound** नियत अवधि का, नियतकालिक; **~-consuming** *a* जिसमें बहुत समय लगे या खपे, समय-खपाऊ; **~-fuse** मियादी पलीता, **~-honoured** बहुत समय से चले आने के कारण जिसे ठीक समझा जाए, चिरप्रतिष्ठित, परंपरागत, **~keeper** (i) मज़दूरों के समय का हिसाब-किताब रखने वाला, समयपाल, (ii) घड़ी; **~-lag** (कारण और कार्य के बीच का) समय-अन्तराल, समयान्तर, कालान्तराल; **timepiece** घड़ी; **~-saving** समय बचाने वाला; **~-scale** समय-मान, **~-server** अवसरवादी, **~-signal** 'क्या बजा है' इसका संकेत, समय-संकेत; **~table** समय-सारणी, **~-work** काम जिसकी मज़दूरी घंटों या दिनों के हिसाब से दी जाए, अमानी; **~-worker** अमानी श्रमिक; **~-worn** (i) जीर्ण-शीर्ण, (ii)=time-honoured

time^2 *vt & i* 1 (काम के लिए) समय या क्षण या मुहूर्त निश्चित करना, समय चुनना [to ~ a blow, remark, etc]; **well-timed** मौके का, अवसरानुकूल, **ill-timed** बेमौका, बेवक्त [The remark was well-~ed, ill-~ed], 2 (घड़ी का) वक्त ठीक करना, (घड़ी) मिलाना, 3 यह देखना कि कितना समय लगता है, समय का हिसाब रखना, समय देखना, समय नापना [to ~ a runner, race]; **timer** *n* समय का हिसाब रखने वाला, समयांकक; **timing** (i) समय-निर्धारण, (ii) समयांकन

timeless टाइमलिस *a* शाश्वत, नित्य, अनन्त; **timely** *a* मौके का, समयोचित, अवसरानुकूल

timeo Danaos et dona ferentes (*L. phr*) शत्रु उपहार लेकर आवे तो भी उससे डर लगता है; सन्धि करने को उत्सुक शत्रु पर विश्वास करना कठिन है [*Ref. to the gift of Trojan horse*]

timid टिमिड *a* 1 डरपोक, भीरु, कायर, बुज़दिल, दब्बू, 2 शरमीला, झेंपू; **~ity** टिमिडिटि, **~ness** *nn* 1 भीरुता, कायरता, बुज़दिली; 2 शरमीलापन

timocracy टाइ-मॉक्रसि *n* शासन-तन्त्र जिसमें धनाढ्य लोग ही पदाधिकारी बन सकते हैं, धनिक-तन्त्र; सम्मानेच्छुक व्यक्तियों का शासन, सम्मानतन्त्र

timorous टिम-रस *a* डरपोक, भीरु

timpanist टिम्पनिस्ट *n* (f. foll) नगाड़ा बजाने वाला

timpano टिम्पनो (usu. in *pl.* -ni) नगाड़ा, धौंसा

tin^1 टिन *n* 1 रांगा, कलई, 2 (also ~ plate) कलई की हुई लोहे की पतली चादर, टीन, 3 टीन का डब्बा, कनस्तर, पीपा, 4 *attrib* रांगे का, टीन का; **~ foil** रांगे की पन्नी; **~ god** अकारण पूजा या सम्मान का पात्र, मिथ्या देवता, 5 *comb*: **~man, ~smith** कलईगर; **~ soldier** (टीन आदि का बना) खिलौना सिपाही; **~ware** टीन के बर्तन

tin^2 *vt* (-nn-) 1 कलई करना (also ~-plate), ~ned ware कलईदार बर्तन, 2 टीन के डिब्बे में बन्द करना, डिब्बा-बन्द करना; ~ed food डिब्बा-बन्द खाद्य

tincal टिङ्कल *n* सोहागा, टंकण

tinctorial टिङ्क्टॉरिअल *a* 1 रंग का, रंगने का; 2 रंग देने वाला, रंजक

tincture टिङ्क्चर *n & vt* 1 (औषध के लिए) अल्कोहल में बना घोल, टिंक्चर [~ of iodine, quinine, etc]; 2 तनिक गंध या बास, पुट, *fig* गंध, बू, पुट, 3 (रंग की) हल्की आभा, झलक, *vt* हल्का सा रंग चढ़ाना, तनिक गन्ध मिलाना, पुट देना (also *fig*) [views ~d with atheism]

tinder टिन्डर *n* 1 जल्दी भड़क उठने वाला मसाला-विशेष, 2 **~-box** आग जलाने की डिबिया (जिसमें अधजला पटसन, चकमक और इस्पात होता है), चकमक की डिबिया

tine टाइन *n* (हिरन के सींग या हेंगे आदि की) नोक, सिरा; शाखा

ting टिंग *n & vt & i* (घंटी आदि की) टन-टन, टन-टनाहट, *vt* टनटनाना; *vi* टन-टन करना, टन-टनाना

tinge टिंज *n & vt* (*part* tinging) 1 हल्का-सा रंग, हल्की रंगत, आभा, झलक, 2 (also *fig*) तनिक

गंध या बू, पुट [a ~ of irony in his remark]. *vt* हल्का-सा रंग देना, रंग चढ़ाना, पुट देना [words ~d with malice]

tingle टिङ्गल *vi* & *n* 1 (of ears) में झंकार या झन्नाहट होना, झनझनाना, 2 (of limbs) में झुनझुनी या सनसनाहट होना, 3 दुखना, दर्द करना [My eyes are tingling]; *n* 1 झन्नाहट, 2 झुनझुनी, सनसनाहट [~ in the legs]

tinker टिङ्कर *n* & *vt* & *i* 1 (वि० घूम-फिर कर) बर्तनों की मरम्मत करने वाला, टांका लगाने वाला, झालने वाला, पजेरा, कसेरा, ठठेरा; 2 भद्दा काम करने वाला, 3 भद्दा या कच्चा काम, *vt* 1 टांका लगाना, मरम्मत करना [to ~ (sth) up], 2 भद्दी तरह से तैयार करना [to ~ a contract], 3 *vi* भद्दी तरह से काम या मरम्मत या फेर-बदल करना [**to ~ at, with,** sth], 4 छोटा-मोटा काम करना

tinkle टिङ्कल *vi* & *t* & *n* 1 टन टन करना, 2 *vt* टनटनाना, बजाना [to ~ **a** bell], *n* टन-टन; **to give** s.o. **a ~** (*colloq*) टेलीफ़ोन करना

tinnitus टिनाइटस *n* (*med*) (कानों में होने वाली झनझनाहट, कार्णक्ष्वेड

tinsel^1 *n* & *a* 1 सलमा, सितारा, सलमे-सितारे वाला कपड़ा, 2 *fig* ऊपरी चमक-दमक, झूठी टीपटाप या टीम-टाम; *a* शोख़, भड़कीला, चटकीला

tinsel^2 *vt* (-ll-) 1 सलमा-सितारा लगाना, 2 टीम-टाम करना; (शैली को) बनावटी ढंग से अलंकृत करना

tint टिन्ट *n* & *vt* 1 (वि० सफ़ेद रंग मिलाने से बना) हल्का रंग, रंग की हल्की छाया, 2 किसी रंग का एक प्रकार, (वर्ण-)भेद, आभा, झलक, रंगत [red with a bluish ~]; *vt* रंगना, रंग चढ़ाना, हल्का-सा रंग देना, रंगत देना; ~ed *a* हल्के रंग वाला, कुछ-कुछ रंगदार, आरंजित

tintinnabulation टिन्टि-नैब्यु-लेशन *n* (घंटियों की) ठन-टन, टनटनाहट

tintinnabulum टिन्टि-नैब्युलम *n* (*pl* **-la**) 1 छोटी घंटी; 2 झुनझुना

tiny टाइनि *a* बहुत छोटा, नन्हा [a ~ little boy]; a ~ bit छोटा-सा टकडा

tip^1 टिप *n* 1 (नुकीली चीज़ का) सिरा, नोक, अनी; to walk on the ~s of one's toes पंजों के बल चलना; to have sth **on the ~ of one's tongue** कोई बात कहने को ही होना (परन्तु कह न देना), ज़बान पर होना, मुँह में होना; **to the finger-tips** पूरा-पूरा [an artist to the finger-tips]; 2 सिरा, छोर, किनारा [The bird measures 15 inches from ~ to ~]; किसी वस्तु के सिरे पर लगी हुई छोटी-सी चीज़, (छड़ी की) शाम, 3 *comb*: **~staff** चोब; **tiptoe** *n* पंजा, **tiptoe** (also **on tiptoe**) *adv* पंजों के बल [Walk tiptoe (*or* on tiptoe)]; to be on ~toe with expectation बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षा करना; **tiptoe** *vi* पंजों के बल चलना [He tiptoed into, out of, the room]; **tiptop** *n* चरमोत्कर्ष; *a* & *adv* बहुत बढ़िया (ढंग से)

tip^2 *vt* (-pp-) सिरे पर कोई चीज़ लगाना, (छड़ी पर) शाम चढ़ाना

tip^3 *vt* & *i* (-pp-) 1 (एक ओर को) झुकाना या झुकना, तिरछा करना या होना [to ~ one's hat], **to ~ the balance** *or* **scale(s)** (for, against) (के पक्ष में, के विरुद्ध) निर्णायक सिद्ध होना, 2 तनिक छूना, **to ~ and run** तनिक छू कर भाग जाना, **tip-and-run** (*adj*) a ~-and-run raid झट आक्रमण और पट पलायन, 3 उलटाना या उलटना [to ~ (sth) **over**]; 4 उंडेलना [to ~ sth out of sth; to ~ sth into sth]; 5 *sl* गुप्त सूचना देना, चुपके से बता देना, गुर बताना; सावधान करना, ख़तरे की पूर्व सूचना देना, इशारा करना [**to ~ s.o. off**]; **tip-off** *n* इशारा; **to ~ s.o. the wink** (see wink *n*); 6 बख़्शिश या इनाम देना [to ~ the porter, waiter], 7 *comb*: **~-up** *a* उलटाऊ, उलटवां [~-up seat]

tip^4 *n* 1 गुप्त सूचना, इशारा, 2 बख़्शिश, इनाम, 3 हल्का स्पर्श, हल्का आघात या धक्का, 4 कूड़ा डालने की जगह; कूड़े का ढेर, घूर [rubbish ~]; 5 *comb*: **~-cart, ~-truck** (कूड़े आदि का) छकड़ा जिसे तिरछा करके कूड़ा गिराया जा सकता है, उलटाऊ या उलटवां छकड़ा; **~-cat** गुल्ली, गुल्ली-डंडा

tippet टिपिट *n* (जजों, पादरियों का) कंधों पर ओढ़ने का दुपट्टा, स्कन्धपट

tipping टिपिङ्ग *n* (f. tip^3) 1 उलटना, गिराना, 2 बख़्शिश (देने का) प्रथा

tipple टिपल *vi* & *t* & *n* 1 शराब का आदी होना, 2 *vt* घूंट-घूंट (शराब) पीते रहना, *n* (*colloq*) तेज़ शराब; **~r** *n* शराबी; **tippling** *n* शराब पीने की आदत

tipster टिप्स्टर *n* (घुड़-दौड़ आदि के बारे में) गुप्त सूचना देने वाला [f. tip^3, 5]

tipsy टिप्सि *a* 1 मदोन्मत्त, मदहोश, नशे में, 2 नशे के कारण होने वाला, नशे के प्रभाव से उत्पन्न [~ laughter], 3 ~-cake शराब में भिगोया हुआ केक

tirade टाइअ-रेड *n* क्रोधभरा आलोचनात्मक (लंबा) भाषण, धूआंधार आलोचना या फटकार, विष-वमन [a ~ against s.o.]

tirailleur F टिअ-राइअर *n* (वि० बन्दूकधारी) निशानेबाज़, मुठभेड़ में भाग लेने वाला सैनिक

tire^1 टाइअर *vt* & *i* 1 थकाना, 2 उबाना, उकता देना [to ~ s.o. out], **to be ~d of sth** अति तृप्ति के कारण ऊब जाना, जी भर जाना; **to be ~d with** थक (कर चूर हो) जाना [I'm ~d with digging the ground], 3 *vi* थकना,

ऊबना, उकताना [He never ~s of talking about his farm]

tire^2 *n* & *vt* (पहिए की) हाल; *vt* हाल चढ़ाना

tire^3 *n* (see tyre)

tire^4 *n* & *vt* (*arch*) 1 वस्त्र, पोशाक, 2 सिर पर बांधने या पहनने का कपड़ा, शिरोवस्त्र; *vt* 1 सिर पर कपड़ा बांधना या पहनना, 2 वेश भूषा करना; **tiring room** (*theatr*) वेशभूषा-कक्ष

tireless टाइअर्‌लिस *a* न थकने वाला, अथक [~ worker]

tiresome टाइअर्‌-सम *a* 1 थका देने वाला, थकाऊ, 2 उबाने वाला, उबाऊ, नीरस, अरुचिकर [~ discourse]; 3 *colloq* गुस्सा दिलाने वाला, परेशान करने वाला

tiro, tyro टाइअ-रो *n* (*pl* ~s) नौसिखिया

tisane टिज़ैन = ptisan

tissue टिस्यू, टिश्यू, टिशू *n* 1 महीन या जालीदार कपड़ा; *fig* शृंखला, समूह; **a ~ of lies** झूठ का ताना-बाना, सरासर झूठी बात, 2 *biol* समान कोशिकाओं का समूह, ऊतक, 3 **~(-paper)** पोंछने, चीज़ों को लपेटने आदि का महीन कागज़, टिशू पेपर

tit^1 टिट *n* अनेक प्रकार के छोटे-छोटे पक्षी [~lark, ~mouse, etc]

tit^2 *n.* **~ for tat** जैसे को तैसा, ईंट का जवाब पत्थर [to give s.o. ~ for tat]

Titan टाइटन *n* (*Gk. myth*) 1 महाकाय एवं परम शक्तिशाली देवताओं में से एक, 2 सूर्य देवता, 3 **titan** अतिमानुषिक बल एवं बुद्धि से संपन्न व्यक्ति, अतिमानव, महामानव, a ~ of industry महा उद्योगपति; ~ess *n* (fem) महाकाय देवी, महादेवी

titanic^1 टाइ-टैनिक *a* महाकाय, भीमकाय, अतिमानुषिक बल या बुद्धि से सपन्न

titanic^2 *a* टिटानियम-युक्त (see foll)

titanium टाइ-टेनिअम *n* धातु-विशेष, टिटानियम

titbit टिट्‌बिट *n* 1 स्वादिष्ट या मज़ेदार कौर, 2 मज़ेदार या मनोरंजक बात, चुटकुला; मज़ेदार समाचार

tithe टाइद *n* & *vt* 1 *hist* (गिरजे को या दान या टैक्स के रूप में दिया जाने वाला) जिन्स या आय का दसवां भाग, दशमांश, 2 *rhet* दसवां भाग, तनिक मात्र [I don't believe a ~ of what he says]; *vt* दशमांश कर लगाना; **tithing** टाइदिङ्ग *n* दशमांश कर-प्रदान

titillate टिटिलेट *vt* 1 गुदगुदाना, 2 पुलकित करना; उत्सुक करना; (इन्द्रियों को) उद्दीप्त करना, 3 **to ~ the palate** स्वादिष्ट लगना, भूख उद्दीप्त करना; **titillation** *n* 1 गुदगुदाहट, गुदगुदी, 2 उद्दीपन

title^1 टाइटल *n* 1 (पुस्तक, पत्रिका, अध्याय, लेख आदि का) नाम, शीर्षक; (लेख का) सिरनामा; 2 = **~-page** (see 8 below); 3 (पदसूचक) उपाधि, ख़िताब (*e.g.* captain, mayor, professor); *sport* विजेता का पद; 4 *law* (स्वामित्व का) अधिकार, हक, स्वामित्व [~ to property]; **clear ~** निर्विवाद अधिकार, 5 अधिकार देने वाली बात, अधिकार का आधार या प्रमाण, 6 (विधान या कानून का) खंड, अध्याय, 7 सोने के खरेपन की कोटि (जो carats में व्यक्त की जाती है); 8 *comb*: **~-deed** अधिकार-पत्र; **~-holder** उपाधिधारी; **~-page** मुखपृष्ठ; **~-piece** वह निबन्ध या कहानी जिसके नाम पर सारे संकलन का नाम रखा गया हो, शीर्ष-निबन्ध, शीर्ष-कथा आदि; **~-role** पात्र जिसके नाम पर नाटक का नाम रखा जाता है, मुख्य पात्र; मुख्य पात्र का पार्ट

title^2 *vt* 1 नाम रखना, शीर्षक देना, 2 अधिकार देना, 3 उपाधि देना; ~d *a* उपाधिधारी

titling टाइट्‌लिङ्ग *n* पुस्तक पर सुनहरी अक्षरों में नामांकन, स्वर्णनामांकन

titmouse टिट्‌माउस *n* छोटा पक्षी-विशेष (see tit^1)

titrate टाइट्रेट *vt* (*chem*) मिश्र घोल के किसी एक घटक की मात्रा का पता लगाना, अनुमापन करना; **titration** टाइ-ट्रेशन *n* अनुमापन

titter टिटर *n* & *vi* दबी हंसी (हंसना), टी-टी (करना)

tittle टिटल *n* 1 बिन्दु, बिन्दी; 2 कण, लव, लेश, रत्ती, **every jot or ~** छोटी-छोटी बात या चीज़, **not one jot or ~** एक कण भी नहीं

tittle-tattle टिटल्‌-टैटल *n* & *vi* 1 परोक्ष-निन्दा (करना), गप-शप (करना)

tittup टिटप *vi* & *n* 1 उछलना-कूदना, फुदकना; 2 (of horse) पिछली टांगों पर खड़ा हो जाना और उछलना (=prance), दुलकी चाल चलना; *n* उछल-कूद

titubation टिट्युबेशन *n* (वि० तन्त्रिका-रोग के कारण होने वाली) लड़खड़ाहट, बेचैनी

titular टिट्युलर *a* & *n* 1 उपाधिधारी, 2 नाम-मात्र का [~ head of the company]; 3 उपाधि से संबंधित, उपाधिगत, उपाधिधारी को प्राप्त होने वाला [~ possessions]; *n* उपाधिधारी व्यक्ति (वि० जिसे कोई काम न सौंपा गया हो)

tmesis (ट)मीसिस *n* (*gram*) समस्त पद के बीच में अन्य पद घुसेड़ना, पदान्तरप्रवेश, (*e.g.* 'whatsoever things' as 'what thingsoever')

to^1 टु, टू *prep* 1 (गन्तव्य स्थान) को [Go to Delhi], 2 की दिशा में, की ओर [Go to the east]; 3 तक [from morning to night]; to this day आज तक; 4 की तुलना में [This is nothing to what I have seen]; 5 के बारे या संबंध में [What did he say to my suggestion?], 6 (संप्रदानकारक सूचक) को [Give it to me], 7 के प्रति, के संबंध में, के लिए [good to all]; What's that to me? मेरा इससे क्या वास्ता ? मेरे लिए इसका क्या महत्त्व है ?

to^2 टू *adv* 1 साधारण या अभीष्ट स्थिति में, जैसा होना चाहिए वैसा; (विशेषत:) निश्चल, (लगभग) बन्द, Pull the door to दरवाज़ा बन्द करो; to come to होश में आना; 2 **to and fro** आगे-पीछे, इधर से उधर और उधर से इधर, 3 **the to-be** *n* भविष्य; **to-do** (see further)

toad टोड *n* 1 मेंढक-जैसा जन्तु-विशेष, भेक, 2 घृणित व्यक्ति, नीच व्यक्ति. 3 *comb*: **~-eater** चापलूस, ख़ुशामदी, जीहुज़ूरिया; **~-eating** चापलूसी; ~**stool** कुकुरमुत्ता, गुच्छी, छत्रक

toady टोडि *n* & *vt* & *i* (toadied) चापलूस, जीहुज़ूरिया; ख़ुशामदी टट्टू; *vt* & *i* चापलूसी करना [to ~ (to) s.o.]; **~ism** *n* चापलूसी, चाटुकारिता

toast^1 टोस्ट *n* 1 (सेंका हुआ) डबलरोटी का टुकड़ा, टोस्ट, **on ~** टोस्ट पर लगा कर [jam on ~]; **to have s.o. on ~** (*sl*) कोई व्यक्ति पूरी तरह अपने बस में होना, 2 (जाम ऊंचा करके) किसी के सम्मान में मदिरापान करने से पहले कहे गये शब्द, शुभकामना; **to propose a ~ to s.o.** का अभिनन्दन करना, शुभकामना-वचन कहना, to reply to the ~ शुभकामनाओं के उत्तर में कहना, 3 व्यक्ति जिसका अभिनन्दन करते हुए मदिरापान किया जाए; 4 शुभकामना का जाम, 5 *comb*: **~-master** शुभकामना-वचन कहने वाला

toast^2 *vt* 1 (डबलरोटी आदि) सेंकना, भूनना, 2 तापना [to ~ one's feet, oneself (before the fire); 3 के लिए शुभकामना का जाम पीना, की सेहत का जाम पीना [to ~ s.o.]

tobacco ट-बैको *n* 1 (also **~-plant**) तम्बाकू (का पौधा), 2 (पान में खाने का) तम्बाकू के पत्तों का चूरा, सुरती, खैनी; 3 ~ **heart** तम्बाकू के अतिसेवन से उत्पन्न हृदयरोग; **tobacconist** *n* तम्बाकूविक्रेता

toboggan ट-बॉगन *n* & *vi* बर्फ़ पर चलने वाली गाड़ी, बर्फ़गाड़ी (से जाना)

tocsin टॉक्सिन *n* ख़तरे की घंटी; *fig* ख़तरे की सूचना, संकट का संकेत

today, to-day टु-डे, ट-डे *adv* & *n* आज; to-day week सप्ताह बाद आज के दिन [I'm leaving today week]; (*n*) आज (का दिन)

toddle टॉडल *vi* & *t* 1 (चलना सीखते बच्चे की तरह) गिरते-पड़ते चलना, ठुरकना, 2 लड़खड़ाते हुए चलना, 3 टहलना, चहलकदमी करना, 4 *vt* लड़खड़ाते हुए (रास्ता या दूरी) तय करना [to ~, one's way, some distance]

toddler टॉड्लर *n* चलना सीखने वाला बच्चा, ठुरकता बच्चा, छोटा बच्चा

toddy टॉडि *n* 1 ताड़ी, नीरा, 2 ~ **palm** ताड़ी का पेड़

to-do टुडू *n* दौड़-धूप, भाग-दौड़, घबराहट, खलबली [What a to-do!]

toe टो *n* & *vt* 1 पैर की उंगली; **great ~, big ~** पैर का अंगूठा; 2 जूते या जुराब का पंजा, 3 खुर का अग्रभाग, 4 **to tread on s.o.'s ~s** किसी का जी दुखाना; 5 **on one's ~s** (*fig*) उत्सुक, होशियार, सचेत, सतर्क, (कार्यवाही करने के लिए) तैयार [to keep the army etc on its toes], 6 **from top to toe** सिर से पैर तक, एड़ी से चोटी तक, पूरा; 7 **~-ring** बिछुआ, *vt* पंजे से छूना; **to ~ the line** दौड़ने से पहले दौड़-आरंभ रेखा को पंजे से छूना, *fig* (वि० दबाव में आकर) पार्टी के आदेशानुसार काम करना, आदेश मानना [Even the dissidents ~d the party line]

toff टॉफ़ *n* (*sl*) बड़ा आदमी; विद्वान्, पंडित

toffee, toffy टॉफि *n* एक प्रकार की अंग्रेज़ी मिठाई, टाफ़ी

toft टॉफ़्ट *n* 1 उपभवन-सहित मुख्य भवन, मकान, 2 मकान-सहित खेतो की ज़मीन, चक्

tog टॉग *n* & *vi* (-gg-) 1 (*n.* usu in *pl*) सुन्दर पोशाक या परिधान; 2 *vt* पहनाना, पहनना [to ~, s.o., oneself, **up**]

toga टोगः *n* (*Rom ant*) चोग़ा

together ट-गेदर *adv* 1 साथ-साथ, एक-साथ [to go ~], एक स्थान में [to live ~]. 2 to act ~ मिल कर काम करना; **to put your** *or* **our** etc. **heads ~** परस्पर विचार-विमर्श करना; 3 एक ही समय, एक-साथ [They spoke all ~]; 4 लगातार. **for days, months, etc. ~** कई दिनों, महीनों, तक, 5 जोड़ कर, मिलाकर, इकट्ठे [Sew, Tie, them ~]; 6 आपस में, परस्पर [to confer ~]; 7 ~ **with** के साथ (मिल कर), अपि च, और [The money, together with the advice he gave me, helped me a lot]

toggle टॉगल *n* (नाव आदि की रस्सी बांधने की) खूंटी, गुल्ली, गिल्ली

toil टॉइल *vi* & *n* 1 घोर परिश्रम करना, बड़ी मेहनत करना [to ~ **at**, **on**, a task], 2 ज़ोर लगाना, to ~ **along** ज़ोर लगा कर चलना या आगे बढ़ना; to ~ **up** a hill ज़ोर लगा कर पहाड़ी पर चढ़ना; *n* घोर परिश्रम, कड़ी मेहनत (का काम); थका देने वाला या थकाऊ काम; **~-worn** *a* बहुत काम करके थका हुआ, श्रम-क्लान्त; **~er** *n* अति परिश्रमी; **~some** टॉइल्सम *a* बड़ी मेहनत का, थका देने वाला

toilet टॉइलिट *n* 1 शौचालय, 2 गुसलख़ाना, स्नानागार; 3 (नहाने और) कपड़े पहनने का कमरा, 4 नहाना, कपड़े पहनना और बाल सँवारना [to make one's ~], 5 पोशाक, वेशभूषा, 6 *comb*: **~-paper** (also **~ tissue**) शौच का (महीन) काग़ज़; **~-set** सिंगारदान; ~ **soap** सुगन्धित साबुन, **~-table** सिंगार-मेज

toilette F ट्वॉलेट *n* = prec. 4 & 5

token टोकन *n* & *a* 1 चिन्ह, प्रतीक, संकेत,

प्रमाण [~ of affection, respect, etc); **in ~ of, as a ~ of** के चिन्हस्वरूप, के प्रतीकस्वरूप; 2 स्मृतिचिन्ह, यादगार, निशानी; 3 सिक्के की तरह धातु का टुकड़ा जो बैंकों में, या आधुनिक मशीनों में डालने के लिए प्रयुक्त होता है, टोकन; *a* 1 चिन्हस्वरूप, सांकेतिक, **~ coin, ~ money** संकेत-मुद्रा, प्रतीक मुद्रा; **token strike** सांकेतिक हड़ताल; *Parl*: **~ vote** (सरकारी ख़र्च के लिए) धन की सांकेतिक स्वीकृति (जिसके द्वारा स्वीकृत धन से अधिक भी ख़र्च किया जा सकता है) (also see vote^1, 5); 2 (संकेतमात्र के लिए) तनिक, नाममात्र [~ resistance]

tolerable टॉल-र-बल *a* 1 जो सहा जा सके, सहनीय, सह्य; 2 मर्षणीय, 3 काफ़ी अच्छा, काम चलाऊ, ख़ासा [I'm in ~ health]

tolerance टॉल-रन्स *n* 1 सहनशीलता, सहनशक्ति [My ~ of noise is limited); 2 कट्टरता का अभाव, उदारता, सहिष्णुता [religious ~]; 3 (*med*) ~ dose सह्य मात्रा; ~ limit सहनसीमा

tolerant टॉल-रन्ट *a* 1 सहनशील, सहिष्णु, (धर्म के विषय में) उदार, उदारचेता, उदारमना [~ of criticism], 2 *med* जिस पर विषैली या नशीली औषध्र का विशेष प्रभाव न हो, सह सकने वाला

tolerate टॉल-रेट *vt* 1 सहना, बरदाश्त करना, झेलना [to ~ suffering], 2 गवारा करना, होने देना, अनुमति देना, मर्षण करना [I can't ~ laziness], 3 किसी से बातचीत या किसी का दर्शन सह्य होना [I can't ~ him]

toleration टॉल-रेशन *n* 1 सहन, सहार, बरदाश्त, सहिष्णुता, 2 मर्षण, 3 सहनशीलता, सहिष्णुता, कट्टरता का अभाव, उदारता [religious ~]; **~ist** *n* (धार्मिक-) सहिष्णुतावादी

toll^1 टोल *n* 1 राहदारी, मार्गकर, पथकर; चुंगी, महसूल, 2 (मंडी में जगह घेरने पर लगने वाला) टैक्स, कर, 3 (किसी प्रकार का) भाड़ा, किराया; 4 (दुर्घटना, युद्ध आदि में होने वाली) जान की हानि, क्षत-विक्षत संख्या [The ~ was 300 persons dead or missing; The war took a heavy ~ of life]; 5 **to take its ~** के कारण (कुछ) हानि या क्षति होना; [Every year floods take their toll of standing crops], 6 *comb*: **~-bar, ~-gate** चुंगी की चौकी; **~-house** चुंगी-घर; **~able** टोल-बल *a* चुंगीयोग्य, करयोग्य

toll^2 *vt & i & n* 1 (धीरे-धीरे और रुक-रुक कर) घंटा बजाना या बजना, 2 **to ~ s.o.'s death** किसी की मृत्यु का घंटा बजाना, घंटा बजा कर मृत्यु की सूचना देना; *n* घंटा-नाद

tolu टोल्यु *n* दक्षिण-अमरीकी पेड़ की सुगंधित राल

toluene टॉल्यु-ईन *n* (*chem*) (आरंभ में tolu *q.v.* से और अब) तारकोल से प्राप्त सुगंधित द्रव जो T.N.T. (see *abbrs*) के निर्माण में काम आता है, टालुईन

Tom टॉम *n* 1 *abbr* of Thomas; 2 **Any Tom, Dick, or Harry** (usu derog) हर कोई, आम आदमी, साधारण जन, ऐरा-ग़ैरा, 3 नर जानवर, **tom(-cat)** बिलाव, बिल्ला

tomahawk टॉम-हाक *n & vt* उत्तर अमरीकी आदिवासियों की कुल्हाड़ी; **to bury the ~** = to bury the hatchet (see bury); *vt* कुल्हाड़ी से घायल करना या मारना; *fig* तीव्र आलोचना करना

tomato ट-माटो *n* टमाटर

tomb टूम *n* 1 समाधि, क़ब्र, मक़बरा, 2 (*fig*) the tomb मृत्यु; 3 **~stone** क़ब्र पर लगा या लगाने का पत्थर, समाधि-शिला

tombola टॉम्-बोल: *n* एक प्रकार की लाटरी

tomboy टॉम्बॉइ *n* = hoyden

tome टोम *n* 1 बड़ा ग्रन्थ, 2 (बड़े ग्रन्थ की) एक जिल्द, भाग, खण्ड

tomentum टमेॅन्टम *n* (*pl* -ta) 1 (*bot*) (पत्तों, टहनियों पर का) रोआं, रोम, घनरोम, 2 *anat* मस्तिष्क की झिल्ली (pia mater) की भीतरी गुच्छेदार या लच्छेदार सतह

tomfool टॉम्-फ़ूल *n, a & vi* 1 मूर्ख, बुद्धू, 2 मसख़रा, विदूषक; *a* मूर्खतापूर्ण [a ~ speech]; *vi* मूर्खतापूर्ण आचरण करना, 2 मसख़री करना; **~ery** *n* 1 मूर्खता, 2 मसख़री

Tommy टॉमि *n* 1 *dim* of Thomas; 2 साधारण (अंग्रेज़) सिपाही, टामी; 3 t~ (*mech*) पाना; पेचकश, 4 मज़दूरों को वेतन के बदले में दिया जाने वाला भोजन या रसद, 5 *sl* खाने-पीने का सामान, भोजन

tomorrow, to-morrow ट-मॉरो *adv & n* कल, *n* कल (का दिन)

tompion टॉम्पिअन *n* = tampion

tom-tom टॉम्-टॉम *n & vi* ढोल (बजाना)

ton टन *n* 1 टन, 2240 पाउंड की तौल (also **long ton**); (U.S.) 2000 पाउंड (also **short ton**); **metric ton** = 1000 किलोग्राम, 2 जहाज़ की भीतरी समाई की इकाई = 100 घन फुट, 3 जहाज़ी माल के आयतन की इकाई = 40 घन फुट; 4 *colloq* बहुत बड़ी संख्या, tons of people असंख्य लोग; tons of money अपार धन-राशि, ~s of times बहुत बार

tonal^1 टोनल *a* 1 (f. tone) स्वर-संबंधी; ~ gap स्वरभंग; 2 रंग-संबंधी

tonality टनैलिटि *n* (f. prec) 1 *mus* स्वर-सामंजस्य, 2 (चित्र में) विविध रंग भरने का ढंग, रंग-विन्यास

tone^1 टोन *vt & i* 1 स्वर ठीक करना, (वाद्य-यन्त्र का) सुर मिलाना; 2 (चित्र या फ़ोटो का) रंग ठीक करना, 3 **to tone down** (स्वर) मद्धिम या मन्द या धीमा करना; (चित्र का) रंग हल्का करना;

(बयान या आलोचना को) नरम करना; उग्रता कम करना; 4 **to ~ up** (स्वर) ऊंचा करना या होना, तीव्र करना या होना; (रंग) गहरा करना या होना, (अंगों का) बल बढ़ाना या बढ़ना [Yogic exercises will ~ up your system]

tone^2 *n* **1** स्वर, ध्वनि, आवाज़, **2** *mus* स्वर, सुर, तान, ध्वनिगुण, **3** स्वर, लहजा [in an impatient, imploring, optimistic, etc ~]; **4** (शरीर के अंगों या पेशियों या ऊतकों की) स्वस्थता, बल, स्फूर्ति, **5** रंग-ढंग [gave a serious to ~ the debate; set the ~ with a dignified speech]; **6** नैतिक वातावरण या स्तर, हवा, रंग-ढंग; आचार-विचार [to raise or lower the ~ of the nation]; **7** दशा, स्थिति, हालत [the ~ of the market is confident]; **8** (चित्र में) रंग का हल्कापन या गहराई, रंग, रंगत, आभा, छाया, **9** *comb*: **~-deaf** (*mus*) जो विभिन्न तानों में भेद न कर सके, तान-बधिर, स्वर-बधिर

tongs टॉङ्ग्ज़ *n* (also **pair of ~s**) चिमटा, चिमटी, संड़सा, संड़सी, **I would not touch** (him. it) **with a pair of ~** मैं उसे बहुत घृणित (व्यक्ति, वस्तु) समझता हूं; मैं उसके निकट भी नहीं जा सकता

tongue टङ्ग *n* **1** जीभ, जिह्वा, रसना, ज़बान, **to put out one's ~** जीभ निकालना, **2** बोलने की शक्ति, वाक्, वाणी, ज़बान; **to have a ready** *or* **glib** *or* **long ~** बातूनी या वाचाल होना; वाग्मी होना, हाज़िरजवाब होना, **to speak with** *or* **have one's ~ in one's cheek** (*i*) व्यंग्य करना, व्यंग्यपूर्वक कहना; (ii) झूठ-मूठ कहना; to bridle one's ~ बोलने से परहेज़ करना, वाक्-संयम करना, सोच-समझ कर बोलना; **to hold one's ~** चुप रहना; **to wag one's ~** बहुत या मूर्खतापूर्ण बातें करना; **to keep a civil ~ in one's head** शिष्टता से बात करना; **3** भाषा, ज़बान, बोली [the German ~]; **mother ~** मातृभाषा; **4** जीभ के आकार की चीज़, (जूते की) जीभ; ~ of fire अग्नि की जिह्वा या ज्वाला या शिखा; ~ of earth लंबा-सा अन्तरीप, **5** *comb*: **~-tie** *n* बोलने में रुकावट, जिह्वाबन्ध; **~-tied** *a* आश्चर्य या झेंप आदि के कारण जो बोल न सके, अवाक्, मौन, मूक; **tongue-twister** *n* शब्द(-समूह) जिसका जल्दी-जल्दी उच्चारण करना कठिन हो, जबड़तोड़ (*e.g.* She sells sea shells)

tonic टॉनिक *a* & *n* **1** *med* बलवर्द्धक, पौष्टिक, शक्तिदायक, स्फूर्तिदायक; (of success etc) उत्साहवर्द्धक, **2** *mus* स्वर-संबंधी, तान-संबंधी; *n* **1** बलवर्द्धक औषध, वाजीकरण, **2** उत्साहवर्द्धक बात या घटना, **3** *mus* मूलस्वर

tonicity ट-निसिटि *n* (f. prec) **1** बलवर्द्धक गुण, पौष्टिकता; **2** (अंगों, पेशियों आदि की) स्वस्थता, स्फूर्ति, **3** *mus* मूल स्वर या सुर

tonight, to-night ट-नाइट *adv* & *n* आज रात (को), *n* आज की रात

tonnage टनिज *n* **1** (भार या आयतन की दृष्टि से) व्यापारी जहाज़ की टनों में मालवहनक्षमता, टन-क्षमता, **2** देश के व्यापारी जहाज़ों की कुल-मालवहन-क्षमता (टनों में), टन-क्षमता, **3** (जहाज़ पर लगने वाला) प्रति टन कर या महसूल

tonner टनर *n* इतनी मालवहन-क्षमता का जहाज़ [two-thousand-~]

tonometer ट-नॉमिटर *n* **1** स्वरमापी, **2** (गैस का) दबाव-मापी, **3** तनावमापी, रक्तचापमापी

tonsil टॉन्सिल *n* जिह्वामूल के दोनों ओर स्थित मांस के खंड; गलतुण्डिका, टान्सिल; **tonsillits** टॉन्सि-लाइटिस *n* गलतुण्डिकाशोथ, टान्सिलशोथ

tonsorial टॉन्सॉरिअल *a* (*joc*) नाई का, नापितीय

tonsure टॉन्शर *n* & *vt* मुण्डन (करना)

too टू *adv* **1** (*colloq*) बहुत अधिक, अत्यन्त [I'm too glad]; **2** आवश्यकता से अधिक, सामर्थ्य के बाहर, बहुत अधिक [The work is too much for me], **3** इतना अधिक ··· कि न [He is too proud to beg]; **4 none ~** (followed by *adj*, *adv*) बल्कि कुछ कम, We were none ~ early for the show हम तमाशा शुरू होने से थोड़ा ही पहले पहुंचे (न कि बहुत पहले); **5** भी [I ~ went]; अपि च, इसके अतिरिक्त

tool^1 टूल *n* **1** औज़ार, हथियार, उपकरण, **2** (usu. machine-~) (विद्युत्-चालित सादा) मशीन, मशीनी औज़ार; **3** (पेशे या व्यवसाय के) उपकरण, सामग्री, साधन [the ~s of one's trade; literary ~s]; **4** दूसरे के हाथ का खिलौना, कठपुतली [He was a mere ~ in the hands of the minister]

tool^2 *vt* & *i* **1** छेनी से (पत्थर) तराशना, गढ़ना, **2** (जिल्द पर) सजावट करना, **3** *vi* औज़ार से काम करना, **4** *sl* (*vt* & *i*) (गाड़ी) चलाना; आराम से गाड़ी में जाना [to ~ along]; **~er** *n* संगतराश की छेनी; **~ing** *n* **1** संगतराशी, **2** (जिल्द पर की गई) सजावट, जिल्दी सजावट

toon *n* (ईस्ट इंडीज़ में पाया जाने वाला) तून का वृक्ष (जिसकी लकड़ी फ़र्नीचर बनाने में काम आती है)

toot टूट *vt* & *n* (सीटी, भोंपू आदि) बजाना [to ~ the horn, whistle, etc]; **to ~ one's own horn**=to blow one's own trumpet (see 'blow^1,, 6); *n* भोंपू आदि की (कर्णकटु) ध्वनि

tooth^1 टूथ *n* (*pl* **teeth**) & *vt* & *i* **1** दांत, दन्त; **to cast** *or* **fling sth in s.o.'s teeth** किसी को किसी बात का उलाहना देना, किसी बात के लिए फटकारना; **in the teeth of** के बावजूद, की परवाह न करते हुए [in the teeth of opposition]; के विरुद्ध, के प्रतिकूल [in the teeth of public opinion]; **armed to the teeth** पूरी तरह शस्त्रास्त्र से सुसज्जित; **to escape by** (*or* with) **the skin of one's teeth** बाल-बाल बचना; **to fight ~ and nail** जी-जान से या पूरी ताकत से लड़ना; He went at it ~ and nail उसने भरसक प्रयत्न किया, उसने पूरा ज़ोर लगाया; **to get one's teeth into sth** पर ज़ोर-शोर से काम करने लगना; **to put teeth into** (a law, regulation, etc) कारगर बनाना; प्रभावी बनाना, **to show one's teeth** धमकी-भरा रुख़ अपनाना, दांत दिखाना, **to set s.o.'s teeth on edge** (see edge^1, 7), **2** (आरी, कंघी, पहिये आदि का) दांता, दंदाना; **3** *comb*: **~ache** दांत-दर्द; **~-brush** दांतों का बुरुश; **~pick** दन्तकुरेदनी, **~-powder** मंजन; **4 ~ful** *n* थोड़ी मात्रा, ज़रा-सा, घूंट भर

tooth^2 *vt* & *i* **1** दांतेदार बनाना, **2** *vi* (of cogwheels) एक-दूसरे में फंस जाना; **~ed** *a* दांतेदार, दन्तुर

toothing टूथिङ्ग *n* **1** (पहिये के) दांते, **2** दीवार के सिरे पर आगे को निकली हुई ईंटें (जिनसे बाद में दीवार को बढ़ाया जा सकता है), दाढ़ा

toothsome टूथ्सम *a* स्वादिष्ट

toothy टूथि *a* बड़े-बड़े या बहुत से या बाहर निकले हुए दांतों वाला, दांतू, दन्तुर

tootle टूटल *vi* (मन्द स्वर में या रुक-रुक कर) बांसुरी बजाना

top^1 टॉप *n* & *a* **1** उपरला भाग, शिखर, चोटी, शीर्ष; **to be at the top (of the tree)** *fig* अपने व्यवसाय में सब से ऊपर, सर्वोच्च या सर्वश्रेष्ठ होना; **to come to the ~** (*fig*) यश, सफलता आदि प्राप्त करना; **from ~ to bottom** ऊपर से नीचे तक; **from ~ to toe** सिर से पैर तक, पूरा, **2 on ~** (i) ऊपर; बेहतर स्थिति में (जिससे कि दूसरों पर हुक्म चला सके), हावी [we are on ~]; (ii) अतिरिक्त, अपि च, (iii) चांद (से) [He's going bald on ~]; **on ~ of it all**; **on ~ of that** इतना होने पर भी, तिस पर; **on ~ of the world** उत्साह से भरा हुआ, उल्लसित, आनंदित; **to go over the ~** (*fig*) कुछ समय तक हिचकने के बाद निश्चय कर पाना (और फिर तुरन्त कार्यवाही करना); **3** (धरती या जल आदि का) ऊपरी तल, (मेज़ का) फलक; (गाड़ी का) टप, छत; पृष्ठों का उपरला सिरा या किनारा [gilt ~]; **4** (गाजर, मूली, शलगम आदि का) सिरा और पत्ते [carrot-~s; turnip-~s]; **5** सर्वश्रेष्ठ स्थिति, उत्तम कोटि, आला दर्जा; सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति, शिरोमणि; **6** चरम सीमा, पराकाष्ठा [I've realized the ~ of my ambition]; **at the ~ of one's voice** चिल्लाकर; **at the ~ of one's speed** पूरी तेज़ी से; *a* **1** सबसे ऊंचा, सबसे ऊपर का [~ floor]; **2** सर्वोच्च, सर्वोत्तम, सर्वश्रेष्ठ [~ chess-player], सर्वप्रथम [~ boy]; **3** सर्वाधिक [~ speed, priority]; **~ secret** परम गोपनीय; **4** (*sl*) **~ dog** विजेता, बड़ा आदमी (*opp.* under dog); **5** *comb*: **~-dress** *vt* खाद बिछाना (see next); **~-dressing** *n* उगी फ़सल में धरती पर (न कि हल चला कर धरती के अन्दर) खाद देना; फ़सल में दी गई खाद; *fig* बाह्याडम्बर, दिखावा; **~-gear** सब से ऊंचा गियर; *fig* तैयारी या प्रबन्ध या संचालन की उत्तम अवस्था; **~-heavy** ऊपर से बहुत भारी, (अतः) अस्थिर, डांवांडोल [~-heavy administration]; **topknot** चोटी; शिखा; कलगी; **topmast** *n* मुख्य मस्तूल से लगा हुआ दूसरा मस्तूल, **~most** सर्वोच्च; **~-notch** *a* (*colloq*) उच्च कोटि का, आला दर्जे का [a ~-notch job]

top^2 *vt* **1** के ऊपर रखना या लगाना [cake ~ped with icing]; **2** चोटी या शिखर पर पहुंचना [to ~ a hill etc], **3** सब से ऊपर होना, सर्वप्रथम होना [to ~ the list]; **4** (पौधे का) सिरा काट देना, **5 to ~ one's part** अपनी भूमिका बहुत अच्छी तरह निभाना; **6 to ~ up** (पात्र को) पूरा भर देना; **to ~ off** पूरा करना; समाप्त करना

top^3 *n* लट्टू [to spin a ~]; **to sleep like a ~** गहरी नींद सोना

topaz टोपैज़ *n* पुखराज, पुष्पराज, पुष्पराग

tope^1 टोप *n* स्तूप [f. Skt. स्तूप]

tope^2 छोटा हांगर

tope^3 *vi* (*arch*) बहुत शराब पीना, शराबी होना; **~r** *n* पियक्कड़

tophus टोफ़स *n* **1** दांतों की मैल; **2** जोड़ों के आस-पास जमने वाला पदार्थ (जो गठिया का कारण है)

topiarist टोपिअ-रिस्ट *n* (*see foll*) कर्तन-कला से बाग को सजाने-संवारने वाला माली

topiary टोपि-अरि *a.* the ~ art पौधों झाड़ियों को कतर कर सुन्दर आकृतियां बनाने की कला, वृक्ष-प्रसाधन, उद्यान-प्रसाधन

topic टॉपिक *n* (बहस या चर्चा या लेख का) विषय, प्रसंग, प्रकरण

topical टॉपिकल *a.* **1** स्थानीय या सामयिक घटनाओं से संबंधित [~ discussion, film], सामयिक, मौके का, **2** स्थानिक, (esp. *med*) शरीर के स्थान-विशेष पर प्रभाव डालने वाला, स्थानिक

topless टॉप्लिस *a* (of dress) जिसमें वक्षस्थल पर ओढ़ने का वस्त्र न हो, बिना कुर्ते या चोली का; (of person) कुर्ता न पहने हुए, नग्नवक्ष

topographer ट-पॉग्रफ़र *n* स्थलाकृति का वर्णन या चित्रण करने वाला, स्थलविवरणकार

topographic टॉप-ग्रैफ़िक *a* (*see foll*) स्थलाकृति-संबंधी

topography ट-पॉग्रफ़ि *n* **1** नगर या इलाके की प्राकृतिक (पर्वत, वन, नदी आदि) तथा निर्मित

आकृति (भवन, सड़क आदि), स्थलाकृति, 2 इसका विस्तृत वर्णन या चित्र, स्थलवर्णन, स्थलचित्र

toponym टॉप-निम *n* स्थान-नाम; **toponymy** ट-पॉनिमि *n* किसी प्रदेश के स्थानों के नामों का विज्ञान, स्थाननामविज्ञान

topper टॉपर *n* (f. top²) **1** सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति; **2** *colloq* भला आदमी

topple टॉपल *vi & t* **1** सिर के बल गिरना, लुढ़कना, **2** *vt* लुढ़काना, गिराना [to ~ sth **down, over**]; **to ~ the govt.** सरकार को अपदस्थ करना

topsy-turvy टॉप्सि-टर्वि *a & adv & n* **1** औंधा, उलटा-पुलटा, **2** गड़बड़, अस्तव्यस्त, अव्यवस्थित [Everything is ~]; *adv* उलटे-पुलटे, *n* घोर अव्यवस्था, अस्तव्यस्तता, गड़बड़ी; **~dom** *n* गड़बड़ी

toque टोक *n* (*hist*) टोपी

torch टॉर्च *n* **1** मशाल; *fig* प्रकाशपुंज; **to hand on the ~** परम्परागत ज्ञान आदि अगली पीढ़ी को सौंपना, परम्परा को बनाये रखना; **to carry a ~ for** के प्रेम में तड़पना; **2** (**electric**) ~ (बिजली की) बत्ती, टार्च; **3** **~-bearer**=मशालची, मशाल बरदार; पथप्रदर्शक

torchon टॉर्शॉन *n* **1** ~ lace एक प्रकार की ढीली-ढाली किनारी, **2** ~ paper खुरदरा काग़ज़

torment¹ टार्मेन्ट *n* **1** (शारीरिक या मानसिक) कष्ट, पीड़ा, व्यथा, यातना [I was in great ~; suffered ~s], **2** कष्ट का कारण, तंग या परेशान करने वाली चीज़ [This child is a great ~]

torment² टॉर्-मेन्ट *vt* **1** कष्ट या पीड़ा या यातना देना, **2** बहुत तंग या परेशान करना [to ~ s.o. with enquiries]; **~or** *n* सताने वाला व्यक्ति, उत्पीड़क

tormentil टॉर्मन्टिल *n* दवा में काम आने वाली बूटी-विशेष, पंचपर्णी

tornado टॉर्-नेडो *n* (*pl* **~es**) **1** बवंडर, चक्रवात, **2** तेज़ आंधी, तूफ़ान, झक्कड़, **3** *fig* बवंडर [political ~]; बौछार [~ **of** cheers, hisses, etc]

torpedo टॉर्-पीडो *n* (*pl* **~es**) & *vt* **1** पनडुब्बी से छोड़ा जाने वाला चुरुट के आकार का विस्फोटक प्रक्षेपास्त्र, टारपीडो; **aerial** ~ विमान से छोड़ा जाने वाला टारपीडो, हवाई टारपीडो, **2** विस्फोटक; *vt* टारपीडो मारना, *fig* नष्ट कर देना, बेकार या विफल कर देना, होने न देना [to ~ the policy, negotiations, etc]

torpid टॉर्पिड *a* **1** (of **hiberna**ting animal] सोया हुआ, प्रसुप्त, **2** सुन्न, जड़, निश्चेष्ट, आलसी, **3** निष्क्रिय, सुस्त, मन्द [~ **liver**]; **4** निरुत्साह, उदासीन; **~ity** टॉर्-पिडिटि, **~ness** *nn* **1** जड़ता, निश्चेष्टता, **2** निष्क्रियता, सुस्ती, आलस्य

torpor टॉपर *n* **1** (of hibernating animal) निद्रा, प्रसुप्ति, सुप्तावस्था; **2** जड़ता, निश्चेष्टता, **3** निष्क्रियता, सुस्ती, आलस्य

torque टॉर्क *n* **1** काण्ठाभूषण, कण्ठा, कण्ठी, **2** *phys* चक्राकार गति पैदा करने वाले बलों की शक्ति, बलघूर्ण, बलाघूर्ण

torrefaction टॉरि-फ़ैक्शन *n* (f. foll) तापन; शोषण

torrefy टॉरिफ़ाइ *vt* **1** (कच्ची धातु को) तपाना, **2** (औषध को) तपा कर सुखाना

torrent टॉरन्ट *n* **1** तेज़ प्रवाह, तेज़ धारा, **2** (in *pl.*) ~s of rain मूसलाधार वर्षा, **3** *fig* बौछार, झड़ी [a ~ of abuse, tears, etc]

torrential ट-रेन्शल *a* **1** धारावत्, धाराप्रवाह, मूसलाधार [~ rain]; **2** बड़े ज़ोर का, वेगवान्, प्रचण्ड

Torricellian टॉरि-सेलिअन *a.* **~ tube** बैरोमीटर की पारे से लगभग भरी नली; टारिसेली नली, **~ vacuum** इस नली में पारे के ऊपर का निर्वात स्थान, टारिसेली निर्वात [f. E Torricelli, Italian physicist]

torrid टॉरिड *a* **1** उष्ण, गरम; ~ zone उष्ण कटिबन्ध = trcpics; **2** *fig* जोशीला, सरगरम; उग्र, तीव्र; **~ity** टॉ-रिडिटि, **~ness** *nn* उष्णता

torsel टॉर्सल *n* कड़ी को टिकाने के लिए लकड़ी या पत्थर का छोटा टुकड़ा, पाया

torsion टॉर्शन *n* **1** (वि० वस्तु के एक सिरे को) मरोड़ना, ऐंठना, **2** *bot* मरोड़, ऐंठन, मरोड़ीदार होना, **3** *med* आपरेशन के बाद रक्तस्राव को रोकने के लिए धमनी के सिरे को मरोड़ देना; **~al** *a* **1** मरोड़ने का, **2** मरोड़ीदार

torso टॉर्सो *n* (*pl* ~s) **1** मानव-मूर्ति का धड़, कबंधमूर्ति, **2** (मनुष्य का) धड़, **3** *fig* अपूर्ण कृति, कटी-फटी या टूटी-फूटी कृति

tort टॉर्ट *n* (*law*) दीवानी अपराध (जिसके लिए मुद्दई हरजाना मांग सकता है); ग़लत काम, दुष्कृति, क्षति; **~feasor** दुष्कर्त्ता

torte टॉर्टः *n* चाकलेट और पेस्ट्री की बनी मिठाई

torticollis टॉर्टि-कॉलिस *n* गर्दन का अकड़ाव

tortious टॉर्शस *a* (see tort) दुष्कृति का, दुष्कृतिपूर्ण, क्षतिकर, हानिकर

tortoise टॉर्टस *n* कछुआ, कच्छप, कूर्म; ~ gait कछुए की चाल; **~-shell** कई समुद्री कछुओं का बाहरी शल्क (जिससे कंघियां आदि बनती हैं), कच्छप-शल्क

tortuosity टॉर्चु-ऑसिटि, *nn* **tortuousness** (f. foll) **1** टेढ़ा-मेढ़ापन, **2** कुटिलता

tortuous टॉर्चुअस *a* **1** टेढ़ा-मेढ़ा, पेचदार, घुमावदार, चक्करदार [~ path]; **2** *fig* (of policy etc) कुटिल, कपटपूर्ण, (of style) अस्वाभाविक

torture टॉर्चर *n & vt* **1** (दण्ड के तौर पर या अपराध मनवाने आदि के लिए दी गई) यातना,

यन्त्रणा [to put s.o. to the ~], 2 (घोर मानसिक या शारीरिक) कष्ट, पीड़ा, व्यथा; *vt* 1 शिकंजे में खिचवाना, यन्त्रणा देना, 2 घोर कष्ट देना, सताना [~d with anxiety]; 3 *fig* तोड़-मरोड़ कर अर्थ लगाना [to ~ s.o.'s words]; ~r *n* यातना देने वाला, उत्पीड़क; **torturous** टॉर्चरस *a* कष्टप्रद, दु:खदायी

torus टॉरस *n* 1 *archit* स्तंभ के निचले भाग में अर्धवृत्ताकार हाशिया, कुमुद, 2 *bot* पुष्पासन, पुष्पधर, 3 *geom* वृत्तजवलय

Tory टॉरि *n* (*hist*) ब्रिटेन में कन्सर्वेटिव पार्टी का सदस्य, टोरी (opp. Whig)

toss^1 टॉस *vt & i* 1 (गेंद आदि) उछालना; (of bull) सींगों से उठा कर फेंकना, (of horse) (सवार को) गिरा देना; 2 to ~ sth to s.o. कोई चीज़ किसी की ओर फेंकना [He ~ed a coin to the beggar], to ~ away, aside लापरवाही से फेंक देना, पटकना; 3 **to ~ a coin** (दो विकल्पों में से एक चुनने के लिए) सिक्का उछालना; 4 **to ~ one's head** (घृणा या नाराज़गी आदि व्यक्त करने के लिए) सिर झटकना; 5 (*vi*) to ~ (about) in bed करवटें बदलना; (of sea) लहरें मारना; (of ship) हिलना-डोलना, ऊपर-नीचे होना; (of branch) झूमना, झूलना, 6 to ~ **up** सिक्का उछालना, टास करना, **~-up** *n* टास; *fig* अनिश्चित बात; It is **a toss-up** यह बात हो भी सकती है और नहीं भी हो सकती [It is a ~-up whether he comes or not]

toss^2 *n* 1 (गेंद, सिक्के आदि की) उछाल; **to win the ~** टास का निर्णय अपने पक्ष में होना, टास जीतना, **to lose the ~** टास हारना; **to argue the ~** टास के बारे में झगड़ना, 2 ~ of the head सिर का (घृणासूचक) झटका, 3 **to take a ~** घोड़े से गिर जाना

tot^1 टॉट *n* 1 नन्हा बच्चा [a tiny ~], 2 *colloq* शराब का घूंट

tot^2 *n*. *vt & i* (-tt-) (*colloq*) जोड़ लगाने के लिए लिखी संख्याएं; *vt* जमा करना, जोड़ना, जोड़ लगाना, योग करना, to ~ up a column of figures], *vi* (of expenses etc) to ~ **up** बढ़ जाना, to ~ **up to** बढ़ कर (इतना) हो जाना

total^1 टोटल *a & n* 1 कुल [~ amount, loss, population], 2 सारा, सारे का सारा, समूचा, समग्र, सकल [the ~ loss of his fortune]; ~ **eclipse** पूर्ण ग्रहण; ~ **recall** अपने अनुभव की एक-एक बात याद कर पाना, पूर्ण स्मृति; ~ **war** युद्ध जिसमें सब उपलब्ध शस्त्रों और साधनों का उपयोग किया जाए, जिसमें सब कुछ झोंक दिया जाए, सर्वाङ्गिक युद्ध; *n* जोड़, योग, **grand ~** (अनेक राशियों का) कुल जोड़, कुल योग; **~ly** *adv* पूरी तरह, बिल्कुल [~ly blind]

total^2 *vt & i* (-tt-) 1 जमा करना, जोड़ना, जोड़ लगाना, योगफल निकालना, 2 कुल जोड़ होना, की कुल संख्या होना, सब मिलाकर होना [The guests totalled 50], 3 *vi* इतनी संख्या या राशि तक पहुंच जाना [to ~ up to . . .]

totalitarian टोटैलि-टे'अ-रिअन *a & n*. ~ **state** राष्ट्र जिसमें एक ही राजनीतिक दल हो और दूसरे की इजाज़त न हो, एकदलीय राज्य या राष्ट्र, एकदलीय तन्त्र; *n* एकदलीयतन्त्रवादी, सर्वाधिकारवादी; **~ism** *n* एकदलीय शासन(-पद्धति); सब अधिकारों का एक ही व्यक्ति के पास होना, सर्वाधिकारवादिता, तानाशाही

totality टो-टैलिटि *n* 1 संपूर्णता, समग्रता, सकलता; 2 *astron* पूर्णग्रहण (का काल)

totalizator टोटलाइ-ज़ेटर *n* (घुड़दौड़ में) दांव लगाने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या तथा दांव पर लगी कुल रकम बताने वाला यन्त्र, योगमापी

totalize टोटलाइज़ *vt* कुल योग निकालना, **~r** *n* योगकर्ता

tote^1 टोट *vt* (*colloq*) उठा कर ले जाना, ढोना

tote^2 *n* (*sl*) *abbr* of totalizator

totem टोटम *n* 1 पशु या पक्षी जिसे उत्तरी अमरीका के आदिवासी अपने कुल या परिवार या गण का प्रतीक मानते हों; ऐसे पशु या पक्षी का चिन्ह; 2 कुलचिन्ह, परिवारचिन्ह, गणचिन्ह; ~ **pole** खंभा जिसपर कुलचिन्ह खुदे हों, कुलचिन्ह-स्तम्भ; **~ic** ट-टॅमिक *a* कुलचिन्ह का

totemism टोट-मिज़्म *n* (*see prec.*) 1 कुलचिन्ह या परिवारचिन्ह (बनाये रखने) की प्रथा; 2 आदि जाति को कुलचिन्हों के आधार पर छोटे-छोटे वर्गों मे विभाजित करने की प्रथा, गुटवाद, गुटबन्दी, दलबन्दी; **totemistic** *a* कुलचिन्हवादी, टोटमवादी

totter टॉटर *vi & n* 1 लड़खड़ाना, डगमगाना, लड़खड़ाते हुए चलना, 2 (of tower; *fig*. of State, system, etc) गिरने को होना, पतनोन्मुख होना; *n* लड़खड़ाहट, पतनोन्मुख अवस्था; **~y** *a* अस्थिर, डांवांडोल, पतनोन्मुख

touch टच *vt & i* 1 छूना, हाथ लगाना, स्पर्श करना; **to ~ land** तट पर लगना; **to ~ pitch** चोरबाज़ारी (आदि निन्दित काम) करना; **to ~ the spot** समझ जाना कि क्या करना चाहिए; जो चाहिए वह कर देना, काम बना देना; **to ~ wood** अनिष्ट से बचने के लिए (अन्धविश्वास के कारण) लकड़ी को छूना; 2 वाद्य बजाना, तार छेड़ना [to ~ strings etc]; 3 तक पहुंच पाना, छूना [to ~ the ceiling; the thermometer ~ed 112° F], 4 *fig* के बराबर होना, की तुलना या बराबरी करना [No one ~es Gandhiji in austerity], 5 क्षति पहुंचाना, The law cannot ~ him कानून उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता; 6 द्रवित करना; to be ~ed द्रवित होना, पसीजना; 7 संबंध या लगाव रखना [The question ~es you nearly], 8 तनिक पुट देना

[morality ~ed **with** emotion], **9** to ~ (a subject) सरसरी तौर से या संक्षेप में चर्चा करना, **10** *vi* (of things & persons) सटा हुआ होना; **11** (with *prepp*) to ~ **at** (a port) पर रुकना, ठहरना; (of aircraft) to ~ **down** उतरना; to ~ **off** (विस्फोटक को) दाग़ना, छोड़ना; *fig* एकाएक शुरू कर देना; छेड़ना [The leader's arrest ~ed off riots]; to ~ **(up)on** (a subject) संक्षेप में चर्चा करना; to ~ **up** (a picture, writing, etc) तनिक सुधार करना, ठीक-ठाक करना; अन्तिम सुधार करना, **12** (*comb:*) **~-and-go** *a* जिसका परिणाम अनिश्चित हो [It was ~-and-go whether we should catch the train]; ख़तरनाक; *n* नाज़ुक स्थिति; **~-me-not** *n* गुलमेंहदी

touch^2 *n* **1** स्पर्श, संपर्क, संसर्ग, **at a** ~ तनिक छूने पर, **2** स्पर्श से होने वाली (सर्दी, गर्मी, कठोरता, कोमलता आदि की) अनुभूति, संस्पर्श [the cold ~ of marble]; **3** तनिक मिश्रण, पुट [a ~ of salt, garlic, etc in food, a ~ of satire in his talk etc]; a ~ of cold तनिक ज़ुकाम; **4** (चित्र में) पेन्सिल या बुरुश से किया जाने वाला तनिक सुधार, *fig* लेख में किया जाने वाला सुधार; **to give the finishing** ~**es to sth** रही-सही त्रुटि दूर करना, अन्तिम सुधार करना; **5 the Nelson** ~ स्थिति से निपटने के लिए नेलसन का(-सा) कुशल ढंग; **personal** ~ (i) कोई काम करने का किसी का निजी ढंग (ii) व्यक्ति-विशेष की समस्या सुलझाने के लिए उसके अनुकूल उपाय या ढंग; **6** संपर्क, मेल-मिलाप [**to be, keep, in** ~ **with s.o.**]; **to get in(to)** ~ **with s.o.** किसी से संपर्क करना, **to put s.o. in(to)** ~ **with s.o.** किसी का किसी से संपर्क कराना; **to be in** ~ **with the situation** स्थिति की जानकारी या पता रखना या होना; **to be out of** ~ **(with** s.o., sth) संपर्क अथवा जानकारी न होना या न रहना; **to lose** ~ **with** संपर्क न रहना

touchable टच-बल *a* स्पर्शयोग्य, स्पृश्य

touching टचिङ्ग *a* & *prep* हृदयस्पर्शी, मर्मस्पर्शी, मार्मिक [a ~ scene]; *prep* के बारे में, के संबंध में

touchstone टच्स्टोन *n* सोने की परख करने का काला पत्थर, कसौटी, निकष (also *fig*)

touchwood *n* टच्वुड *n* जल्दी भड़क उठने वाली पुरानी लकड़ी, अतिज्वलनशील लकड़ी

touchy टचि *a* जल्दी नाराज़ हो जाने वाला, चिड़चिड़ा, तुनकमिजाज

tough टफ़ *a* & *n* **1** जो बिना टूटे खींचा जा सके, चीमड़ [~ meat]; **2** सख़्त, कड़ा [~ steel]; **to get** ~ **with s.o.** सख़्ती का बर्ताव करना; **3** कष्ट सह सकने वाला, हट्टा-कट्टा, **4** अपनी बात पर अड़ा रहने वाला, ज़िद्दी, टेढ़ा [~ customer]; **5** कठिन, दुष्कर, टेढ़ा [~ job]; **6** ~ **guy** (*colloq*) हार न मानने वाला, हिम्मत न हारने वाला आदमी; *n* (U.S.) गुण्डा; **~ness** *n* चीमड़पन; सख़्ती, कड़ापन; ज़िद्दीपन; दुष्करता; **tough n** टफ़न *vt* & *i* **1** कड़ा करना या होना, **2** *vi* कष्ट-सहिष्णु बनना

tour टुअर *n* & *vi* & *t* **1** दौरा [~ of inspection]; **2** पर्यटन, यात्रा [conducted ~, see conduct^2]; सैर-सपाटा, परिभ्रमण, **3 tour de force** (F) आश्चर्यजनक काम या करतब, कमाल; *vi* & *t* दौरा या यात्रा या सैर करना [to ~ (through, about) a country]

tourism टुअ-रिज़म *n* पर्यटन; पर्यटन का प्रबन्ध

tourist *n* पर्यटक, यात्री, सैलानी; **tourist trap** स्थान जहां पर्यटकों को मूंडा जाए, ~ **class** विमान, जहाज़ आदि में सबसे सस्ता दर्जा, पर्यटक दर्जा

tournament टुअर्न-मन्ट *n* (अनेक व्यक्तियों या टीमों की) खेल-प्रतियोगिता, टूर्नामेंट

tourniquet टुअर्-निके *n* धमनी से रक्तस्राव रोकने की पट्टी, रक्तबन्ध

tousle टाउज़ल *vt* **1** तंग करना, हाथापाई करना, दुर्व्यवहार करना, **2** (वि० बालों को) उलट-पुलट करना, अस्तव्यस्त करना [The wind ~d my hair]

tout टाउट *vi* & *n* **1** गाहक खोजना, गाहक बनाने के लिए लोगों के पीछे पड़ना [to ~ for customers]; माल ख़रीदने की प्रार्थना करना [to ~ for orders]; **2** घुड़दौड़ के घोड़ों के बारे में गुप्त जानकारी प्राप्त करना या देना; *n* **1** गाहक बनाने वाला, दलाल; **2** घोड़ों के बारे में गुप्त जानकारी देने वाला

tow^1 टो *vt* & *n* **1** (of vessel) रस्से से (किश्ती को) खींचना; (of vehicle) (ज़ंजीर से दूसरी गाड़ी को) खींचना; **2** (व्यक्ति या वस्तु को) घसीटना; *n* **1** खींचना या खींचा जाना, घसीटना या घसीटा जाना; **2 to take a boat in** ~ नाव को खींचना, **3** (*fig*) **to take** *or* **have s.o. in, on,** ~ किसी को अपने पीछे चलाना, अपने काबू में रखना, किसी का पथप्रदर्शन करना; **~(ing)-line, -rope** खींचने की रस्सी, गून; **~(ing)-net** (नदी आदि से चीजें निकालने का) महाजाल; **~age** *n* (नाव की) खिंचाई, नौकर्षण (शुल्क)

tow^2 *n* (कताई के लिए तैयार किए गये) मोटे सन के टुकड़े, मोटा सन

toward ट्वॉर्ड, टोअर्ड *prep* की ओर, के लिए, के लगभग, के आस-पास (=foll. which is now more usual)

towards ट्वार्ड्ज़ *prep* **1** की ओर, की दिशा में, **2** के बारे या विषय में, के प्रति [his attitude ~ socialism]; **3** के लिए, के हेतु [saved something ~ his education]; **4** के लगभग, के आस-पास [~ noon; ~ the end of the journey]

towel टाउअल *n* & *vt* & *i* (-ll-) तौलिया, अंगोछा, **to throw in the ~** हार मानना, *vt* 1 तौलिए से (शरीर) पोंछना, 2 *sl* खूब पीटना, मरम्मत करना, 3 *vi* तौलिए से शरीर पोंछना

tower^{1} टाउअर *n* & *vi* 1 मीनार, बुर्ज, 2 बहुत ऊंची इमारत (जिसमें अनेक फ़्लैट या दफ़्तर हों), मीनार [control ~]; 3 किला, गढ़, *fig* रक्षा की जगह, शरण; रक्षक, शरणदाता; **a ~ of strength** ज़बरदस्त हिमायती, विश्वस्त समर्थक या सहारा; **the T~ (of London)** लन्दन में भवन-समूह जहां पहले कारागार था और अब सम्राट् के रत्न आदि रखे हैं; *vi* 1 (आस-पास की चीज़ों से) बहुत ऊंचा होना, 2 *fig* दूसरे लोगों से कहीं बढ़ कर होना [He ~s above his contemporaries], 3 (of eagle etc) ऊंचा उड़ना या चढ़ना; **towering** *a* 1 बहुत उँचा, उत्तुङ्ग, 2 बड़ा, महान्, दूसरे से बढ़कर, 3 अत्यन्त, अत्यधिक, असीम [~ing ambition], प्रचण्ड [in a ~ing rage]

town टाउन *n* 1 नगर, शहर; 2 नगर के लोग; **the talk of the ~** नगर के लोगों की चर्चा का विषय, 3 राजधानी या व्यक्ति के आस-पास का (मुख्य) नगर, शहर [The President is in not **in ~**, is out of ~], 4 **Go to ~** हिम्मत या जोश से काम करो; 5 **a man about ~** शहर में घूमने-फिरने और मनोरंजन करने वाला, बांका, नागर, 6 *comb*: ~ clerk नगरपालिका का क्लर्क; ~ **hall** नगरपालिका-भवन; **~-planning** नगरविकास-योजना बनाना; **~sfolk** नगर(विशेष) के लोग, नागरिक, शहरी; **~sman** शहर में रहने वाला, शहरी; **township** *n* छोटा नगर, उपनगर, कस्बा, बस्ती

toxaemia, toxemia टॉक्-सीमिअ *n* खून में विष मिल जाना, रक्तविषाक्तता

toxic टॉक्सिक *a* 1 विष का, विष-संबंधी [~ symptoms], 2 विषजन्य [~ anaemia]; **~ity** *n* विषाक्तता, **~omania** *n* विषोन्माद

toxicant टॉक्सिकन्ट *a* & *n* विषाक्त, *n* विष

toxicology टॉक्सि-कॉल-जि *n* विष-विज्ञान

toxin टॉक्सिन *n* 1 (वि० किसी जीव या वनस्पति से पैदा होने वाला) विष, जीव-विष, 2 (*path*) रोग से शरीर के अन्दर पैदा हो जाने वाला विष, शारीरिक विष

toy टॉइ *n*, *a* & *vi* 1 खिलौना, 2 दिल बहलाने की चीज़, खिलौना, दिल बहलाने के लिए किया गया काम; *a* छोटा, लघु [~ dog etc]; *vi* **to ~ with sth** खेलना, खिलवाड़ करना, दिल बहलाना; **to ~ with an idea** मन ही मन सोचना, (बिना गंभीरता के या दिल बहलाने के लिए) सोचते रहना, संकल्प-विकल्प करना [I'm ~ing with the idea of setting up a factory]

trace^{1} ट्रेस *vt* 1 ख़ाका या रूप-रेखा बनाना [to ~ (out) a plan of the district], 2 *fig* to ~ (out) a policy नीति की रूप-रेखा तैयार करना, 3 (ऊपर पतला कागज़ रखकर नक्शा आदि) उतारना, अनुरेखित करना, का अनुरेखण करना [to ~ (over) a drawing], 4 (व्यक्ति या पशु की) खोज या पैरों के निशान पर चलना, 5 (खोज पर चलते हुए या अन्यथा) ढूंढ निकालना, पता लगा लेना [The kidnapped boy has been ~d; to ~ out a reference etc]; चिन्ह या संकेत पाना [His love of nature can be ~d in many verses], 6 खोज द्वारा पता लगाना और लिखना [to ~ the history of . . .]; 7 **to trace sth, s.o., back (to sth)** पूर्वज या पूर्ववर्ती से संबंधित होने का पता लगा लेना, से संबंध मिलाना [to ~ one's genealogy back to the Solar race]

trace^{2} *n* 1 पैरों के निशान, पदचिन्ह; खोज; (of vehicle) लीक, रेखा, 2 (प्राचीन वस्तु या घटना का) अवशेष; चिन्ह, निशान, संकेत, 3 तनिक मात्रा; लव, लेश [there are ~s of chalk in this water]; **~ element** (*biochem.*) (पौधों और प्राणियों में पाया जाने वाला आवश्यक) सूक्ष्ममात्रिक तत्त्व; **~less** *a* जिसका कोई चिन्ह या अवशेष न मिले, चिन्हरहित

trace^{3} *n* (घोड़े को) जोतने की रस्सी या पट्टा, जोत; in the ~s जुता हुआ; (of person) **to kick over the ~s** आज्ञा न मानना, काबू में न रहना, उच्छृङ्खल या अनुशासनहीन हो जाना

tracer ट्रेसर *n* 1 *mil* प्रक्षेपास्त्र जिसकी ज्वाला या चमक से उसके मार्ग का पता लगता रहता है, चमकदार प्रक्षेपास्त्र [~ shell, bullet, etc]; 2 रेडियमधर्मी कृत्रिम वस्तु जिसकी किरणों से उसके मानव-शरीर में से गुज़रने के मार्ग का पता लगता रहता है, अनुज्ञापक

tracery ट्रेसरि *n* 1 गाथिक (Gothic) खिड़की के ऊपरी भाग में सजावट के लिए तराशी हुई रेखाओं का जाल, सजावटी जाली, 2 (पतंगे के पखों पर बनी) सजावटी रेखाएं, 3 (कशीदाकारी आदि की) जाली

trachea ट्र-कीअ, ट्रेकिअ *n* (*pl* ~e) 1 श्वास-नली, 2 *bot* नलिका; **~l** *a* श्वासनली का; **tracheotomy** ट्रेकि-ऑटमि *n* श्वासनलीछेदन

trachoma ट्र-कोम: *n* कुकरे, रोहे

trachyte ट्रैकाइट *n* ज्वालामुखी से निकलने वाला खुरदरा पत्थर

track^{1} *n* 1 पैरों के निशान, पदचिन्ह, खोज; (पहिये की) लकीर, लीक, रेखा, **to be on s.o.'s ~** किसी का पीछा करना; *fig* की चाल-ढाल या इरादों का पता होना, **to keep ~ of s.o.** किसी को आंखों से ओझल न होने देना, पर दृष्टि रखना, की खोज-ख़बर रखना; **to keep (*or* lose) ~ of events** दिन-प्रतिदिन की घटनाओं की ख़बर रखना (की ख़बर न रहना); **to cover up one's ~s** अपने किये का निशान मिटा देना; 2 पगडंडी, मार्ग, रास्ता, पथ, **to put s.o. on the right ~** किसी

को राह पर डालना; **3 off the** ~ ग़लत रास्ते पर, *fig* विषय से हट कर, प्रसंग छोड़ कर; **4 beaten** ~ पुरानी चाल, रीति, रिवाज, परम्परा, लीक; **off the beaten** ~ (see beaten), **5** (रेल की) पटरी [single, double, ~]; **6** धावनपथ; **track events** (*athletics*) दौड़ें, **7** (ट्रैक्टर, टैंक आदि के) पहियों पर का पट्टा, **8** मोटर-गाड़ी के दायें-बायें पहियों के बीच का अन्तर, चक्रान्तर, **9 a one-track mind** एक ही विषय को सोच सकने वाला मन, **10 sound-**~ (ग्रामोफ़ोन की) सुई चलने की लकीर (also see sound, *5*); ~**less** *a* बिना पगडंडी का, पथविहीन, पथरहित

track^2 *vt* **1** (पशु की) खोज पर चलना, **2** पीछा करना; to ~ **down** पीछा करके पकड़ लेना, जा पकड़ना

track^3 *vt* तट पर से रस्से के द्वारा (नाव को) खींचना

tracker ट्रैकर *n* **1** शिकारी; **2** (पुलिस का) खोजी कुत्ता

tract^1 ट्रैक्ट *n* **1** (प्राय: विस्तृत) भू-भाग, प्रदेश, क्षेत्र, इलाका [a ~ of sand], **2** *anat* अङ्ग या इन्द्रिय का क्षेत्र [respiratory ~]

tract^2 *n* (वि० धार्मिक विषय पर) लघु निबन्ध, पुस्तिका

tractable ट्रैक्ट-बल *a* **1** (of person) जिसे सिखाया जा सके, जिससे काम लिया जा सके, बात मान लेने वाला, विनेय, **2** (of material) जिसे काम में लाया जा सके, जिसे कूटा-पीटा या गढ़ा या ढाला आदि जा सके, सुघट्य

tractate ट्रैक्टेट *n* निबन्ध, प्रबन्ध; पुस्तिका

traction ट्रैक्शन *n* **1** (गाड़ी आदि का) खींचना, **2** खिंचाई, कर्षण [electric, steam, ~]; ~**-engine** (भार) खींचने वाला (भाप या डीज़ल का) इंजन, कर्षण-इंजन; ~**-wheel** इंजन को चलाने वाला पहिया, रेल-इंजन का वह पहिया जिसके चलने से इंजन चलता है, कर्षणपहिया

tractive ट्रैक्टिव *a* खींचने वाला, कर्षक, कर्षण-, ~ force कर्षणबल

tractor ट्रैक्टर *n* **1** कर्षण-इंजन, कर्षित्र; **2** दूसरी गाड़ियों या कृषियन्त्रों को खींचने वाला इंजन, ट्रैक्टर

trade^1 ट्रेड *n* **1** व्यापार, वाणिज्य, तिजारत, **2** काम-धंधा, व्यवसाय, पेशा [a carpenter, butcher, by ~]; **carrying** ~ मालवाहन व्यवसाय, **3** दस्तकारी, शिल्प [to learn a ~]; **4** व्यवसायी वर्ग, व्यापारी लोग, व्यवसाय-विशेष के लोग; **5 trick of the** ~ धंधा या व्यापार-विशेष चमकाने का गुर; गाहकी बढ़ाने की तरकीब, **6** (usu. in *pl*) = trade wind (see below); **7** *comb*: ~ **mark** मार्का, छाप; ~ **name** (वस्तु का) व्यापारिक नाम, जिस नाम से कोई चीज़ बिके; ~ **secret** व्यापार-विशेष बढ़ाने का तरीका (जो औरों को पता न हो), व्यापारिक रहस्य, ~ **union** व्यवसाय-विशेष के श्रमिकों का संघ, श्रमिक-संघ, मज़दूर-संघ; ~**-unionism** श्रमिक-संघ बनाने की पद्धति; श्रमिकसंघवाद, श्रमसंघवाद; ~ **wind** 30° उत्तरी अक्षांश और 30° दक्षिणी अक्षांश के बीच के क्षेत्र से भूमध्यरेखा की ओर सदा चलती रहने वाली वायु, व्यापारिक वायु

trade^2 *vi* & *t* **1** क्रय-विक्रय करना, व्यापार या वाणिज्य करना [to ~ in tea etc; to ~ **with** a country], **2** अनुचित लाभ उठाना [to ~ **on** s.o.'s ignorance], **3** *vt* विनिमय या अदला-बदली करना [to ~ sth **for** sth]; **to** ~ **sth (in)** नयी ख़रीद के (आंशिक) मूल्य के रूप में अपनी पुरानी चीज़ दे देना [He ~d in his used car for a new one], **4** का सौदा करना, बेचना [to ~ one's honour]

trader ट्रेडर *n* **1** व्यापारी, **2** व्यापारिक जहाज़; **tradesman** व्यापारी, दुकानदार; शिल्पी

tradition ट्र-डिशन *n* **1** पुराने ज़माने से चले आये विश्वास, रीति-रिवाज, धार्मिक या साहित्यिक सिद्धान्त आदि, परम्परा, आम्नाय; **Hindu** ~ धर्मशास्त्र, स्मृतियां, **Islamic** ~ हदीस, **2** *law* (जायदाद का) हस्तान्तरण, सपुर्दगी

traditional ट्र-डिश्नल, **traditionary** ट्र-डिश्नरि *aa* **1** परम्परागत, पारंपरिक, पारंपरीण; **2** परम्परा के अनुकूल

traditionalism ट्र-डिश्नलिज़म *n* (वि० धार्मिक) परम्परा में अगाध आस्था; परम्परावाद; **traditionalist, traditionist** *nn* परम्परावादी, रूढ़िवादी, लकीर का फ़क़ीर

traditor ट्रैडिटर *n* पहले ज़माने का ईसाई जो जान बचाने के लिए बाइबिल की प्रतियां धर्मशत्रुओं के हवाले कर देता था, धर्मद्रोही, विश्वासघाती

traduce ट्र-ड्यूस *vt* **1** झूठी निन्दा करना, झूठी बदनामी करना, झूठा कलङ्क लगाना, तोहमत लगाना, **2** ग़लत रूप में प्रस्तुत करना

traducian(ist) ट्र-ड्यूसिअन, ट्र-ड्यूसिअ-निस्ट *nn* देहात्मसहजननवादी (see foll)

traducianism ट्र-ड्यूसिअ-निज़म *n* यह विश्वास कि जैसे एक देह से अन्य देहें पैदा होती हैं वैसे एक आत्मा से अन्य आत्माएं भी पैदा हो जाती हैं; देह के साथ आत्मा की उत्पत्ति में विश्वास, देहात्मसहजननवाद

traffic^1 ट्रैफ़िक *n* **1** व्यापार, **2** ऐसी वस्तु का व्यापार जिसका व्यापार नहीं करना चाहिये, अवैध या अनुचित व्यापार [~ in arms, drugs, human beings, import licences, etc], **3** (माल का) परिवहन; (लोगों, गाड़ियों का) यातायात [The ~ on the roads is increasing day by day], **4** (व्यवस्था-विशेष का) उपयोग, इस्तेमाल; उपयोग या इस्तेमाल की मात्रा [telephone ~], **5** *comb*: ~ **circle** यातायात-चक्कर, यातायात-परिपथ; ~ **island** (सड़क के बीच बना) यातायात-चत्वर (जहां

सिपाही खड़ा रहता है); ~ **jam** (गाड़ियों की भीड़-भाड़ के कारण) यातायात का रुक जाना, यातायात-अवरोध: ~-**light(s)**, ~-**signal** यातायात-बत्ती (बत्तियां)

traffic^2 *vi* & *t* (-ck-) 1 क्रय-विक्रय या व्यापार करना, 2 अवैध व्यापार करना [to ~ **in** guns for rebels]; 3 जिसका क्रय-विक्रय न होना चाहिए उसका क्रय-विक्रय करना, to ~ **in** women स्त्रियों का क्रय-विक्रय करना, नारी-विक्रय; 4 *vt* सौदा करना [to ~ away one's honour]; **trafficker** ट्रैफ़िकर *n* अवैध या अनुचित व्यापार करने वाला, अवैध व्यापारी

tragacanth ट्रैग-कैन्थ *n* एक प्रकार का गोंद, कतीरा

tragedian ट्र-जीडि-अन *n* 1 दु:खान्त नाटक का लेखक, त्रासदीकार, 2 दु:खान्त नाटक का मुख्य अभिनेता, त्रासदी-अभिनेता

tragedy ट्रैजिडि *n* 1 शोकान्त या दु:खान्त नाटक, दु:खान्तिका, त्रासदी, 2 बड़ी दु:खद घटना, भारी आपत्ति या विपत्ति, मुसीबत, आफ़त

tragic ट्रैजिक *a* 1 दु:खान्त [~ drama]; 2 दु:खान्त नाटक का, त्रासदी का [~ actor], 3 दु:खद, दु:खमय, शोकमय [~ event, scene, tale]; करुणाजनक, करुण [~ voice]

tragical ट्रैजिकल = prec. 3

tragicomedy ट्रैजि-कॉमिडि *n* दु:खसुखमय नाटक, त्रासकामदी

trail^1 ट्रेल *n* 1 किसी चीज़ के पीछे-पीछे घिसटता आने वाला भाग, पूँछ [the ~ of a meteor]; पुच्छल्ला, 2 वस्तु के गुज़र जाने के बाद उसके पीछे छोड़े हुए निशान, लकीर [The engine left a ~ of smoke behind it]; पदचिन्ह, 3 (शिकार के पशु के) पदचिन्ह या गन्ध [on, off, the ~ of a deer etc], 4 (वन आदि में) पगडंडी, रास्ता; to **blaze a** ~ (see blaze^2); 5 तोपगाड़ी की टेक, 6 *comb*: ~-**blazer** (*fig*) पथप्रदर्शक (see blaze^2), ~-**net** = drag-net (see drag^2, 2)

trail^2 *vt* 1 अपने पीछे-पीछे घसीटना, घसीटते हुए चलना, खींचना, to ~ oneself घिसटना; 2 पीछा करना, 3 **to ~ arms** राइफ़ल आदि को एक हाथ से (धरती के समानान्तर) लटकाये रहना, उत्तोलन करना, 4 *vi* घिसटना, घिसटता जाना [The skirt ~s on the ground]; 5 पीछे-पीछे आना, मुकाबले या मैच में पीछे रह जाना [The home team is ~ing 20 to 15], 6 (of plant) धरती पर इधर-उधर फैलना

trailer ट्रेलर *n* (f. prec) 1 धरती पर फैलने वाला पौधा, भूस्तरी, 2 गाड़ी के पीछे लगा हुआ यान, अनुयान, ट्रेलर, 3 फ़िल्म की झलकियां, ट्रेलर

trailing wheel *n* वह पहिया जो गाड़ी को खींचता नहीं है किन्तु दूसरे पहिये या पहियों के चलने से ही चलता है, पिछला पहिया (cf. traction-wheel)

train^1 ट्रेन *vt* & *i* 1 पढ़ाना-लिखाना, सिखाना, प्रशिक्षण देना, योग्य बनाना [to ~ s.o. **for** sth, to be sth], 2 (खिलाड़ी को) अभ्यास कराना, *vi* अभ्यास करना [He is ~ing for the tennis match], 3 *vt* (पशु को) सिखाना, सधाना, 4 (कील आदि लगा कर) पौधे को अभीष्ट आकार या दिशा में बढ़ाना [to ~ roses etc up, over, the wall]; to ~ a river नदी का प्रवाह मोड़ना, अभीष्ट दिशा में ले जाना, 5 (बन्दूक, तोप आदि से) किसी पर निशाना बांधना, को लक्ष्य करके तोप गाड़ देना [to ~ a gun **on** sth]; 6 वस्तु-विशेष देखने के लिए दूरबीन या आँख को स्थिर करना [to ~ the telescope, eye, **on** an object; The eyes of the devotees were ~ed on the idol], 7 *vt* & *i* (*colloq*) गाड़ी से यात्रा करना [I shall ~ from Pathankot to Jammu]

train^2 *n* 1 रेलगाड़ी, ट्रेन, 2 (पोशाक का) पुच्छल्ला, 3 अनुचरवर्ग, अनुयायीवर्ग, 4 (व्यक्तियों या चीज़ों का) तांता, कतार, सिलसिला [a ~ of admirers]; **in the ~ of** के क्रम में, के परिणाम-स्वरूप, 5 शृंखला, सिलसिला, परंपरा, माला [~ of thought; ~ of ideas], **in ~** क्रमबद्ध, सुव्यवस्थित, 6 (बारूदी) पलीता, 7 (*mil*) (युद्ध के लिये तैयार) तोपख़ाना और वाहन आदि

trained ट्रेन्ड *a* प्रशिक्षित, प्रशिक्षण-प्राप्त

trainee ट्रे-नी *n* प्रशिक्षार्थी, प्रशिक्षणार्थी

training ट्रेनिङ्ग *n* 1 प्रशिक्षण, सिखलाई; 2 अभ्यास

train-oil ट्रेन्-ऑइल *n* ह्वेल मछली का तेल

trait ट्रेट *n* (स्वभाव, आकृति आदि की) विशेषता, ख़ासियत, विशेषक

traitor ट्रेटर *n* देश या राजा या धर्म आदि से द्रोह या विश्वासघात करने वाला, देशद्रोही, राजद्रोही, धर्मद्रोही, गद्दार, विश्वासघाती; (fem) **traitress** विश्वासघातिन

traitorous ट्रेटरस *a* 1 विश्वासघाती, 2 विश्वासघातात्मक, द्रोहात्मक, द्रोहपूर्ण

trajectory ट्रैजिक्टरि *n* प्रक्षिप्त वस्तु या प्रक्षेपास्त्र का पथ, प्रक्षेप-पथ, गतिमार्ग

tram^1 ट्रैम *n* 1 ट्राम, 2 ट्राम-पथ (also ~**way**)

tram^2 *n* बटा हुआ रेशमी धागा (also ~ silk)

trammel ट्रैमल *n* & *vt* (-ll-) 1 (मछली पकड़ने का) जाल, 2 बेड़ी, 3 (in *pl*) *fig* बेड़ियां, बंधन [~s of etiquette]; *vt* (usu. *fig*) जकड़ना, फँसाना; बंधन डालना, विघ्न डालना

tramontane ट्र-मॉन्टेन *a* & *n* 1 पर्वत के उस पार का (व्यक्ति या प्रदेश), 2 विदेशी

tramp^1 ट्रैम्प *vi* & *t* 1 धप-धप करते हुए चलना, 2 आवारा फिरना, जूतियां चटकाना; (काम की तलाश में) मारा-मारा फिरना; 3 *vt* पैदल यात्रा करना [to ~ the country], 4 (मजदूरी या

अनिच्छा से) पैदल चलना [I missed the train and had to ~ it]; 5 to ~ (**down**] कुचलना (=trample)

tramp² *n* 1 (मनुष्य के पैरों की) धप-धप, (घोड़े की) टाप, 2 आवारागर्द, मारा-मारा फिरने वाला, 3 आवारागर्दी, (काम की तलाश में) लंबी पैदल यात्रा [to be on the ~], 4 (**Ocean**) ~ (काम होने पर ही यात्रा करने वाला) माल-जहाज़, अनेमी जहाज़

trample ट्रैम्पल *vt* & *i* & *n* 1 कुचलना, रौंदना, खूंदना [to ~ **sth under foot**, to ~ sth **down**], 2 *vi* to ~ **on** धप-धप करते हुए चलना [to ~ **on** the grass]; की परवाह न करना, आघात पहुंचाना, ठेस पहुंचाना [to ~ **on** s.o., **on** s.o.'s feelings]; *n* धप-धप की आवाज़; आघात, प्रताड़न

trance ट्रान्स *n* 1 समाधि, योगसमाधि, 2 आत्यन्तिक उल्लास, हर्षातिरेक, परमानन्द, 3 (*path*) मूर्च्छा, बेहोशी, 4 (**hypnotic**) ~ सम्मोहन-निद्रा

tranquil ट्रैंक्विल *a* शान्त, अक्षुब्ध [~ mind; ~ surface of the pond]; **tranquillity** ट्रैङ्क्-विलिटि *n* 1 शान्ति, सुख, चैन, 2 अक्षुब्ध अवस्था, अक्षोभ; निस्तब्धता

tranquillize ट्रैङ्क्विलाइज़ *vt* (वि० औषध के द्वारा) चिन्ता या घबराहट या तनाव दूर करना, शान्त करना; ~**r** *n* (मन का) तनाव दूर करने की दवा, उपशामक, प्रशामक

trans-ट्रैन्स, ट्रान्स *pref* के पार, की दूसरी ओर [~-Himalayan, ~-Alpine]; के परे [*N.B.* Words with this prefix can be pronounced both ways]

transact ट्रैन्-ज़ैक्ट, ट्रान्-ज़ैक्ट *vt* (काम) पूरा करना, (कार्य) संपादित या संपन्न करना, निपटाना [to ~ business, negotiations, etc]

transaction ट्रैन्-, ट्रान्-ज़ैक्शन *n* 1 (कार्य-) संपादन, संचालन, निपटारा [Leave the ~ of the matter to me]; 2 (संपादित या संपादनीय) काम, मामला, कार्यवाही, 3 कारोबार, सौदा, लेन-देन [the ~s of a firm], 4 in *pl* (सभा की) कार्यवाहियों का प्रकाशित विवरण, कार्यविवरण, रिपोर्ट

transcend ट्रान्सें न्ड *vt* 1 (मानवीय शक्ति या समझ आदि के) बाहर या परे होना, to ~ reason, description, etc तर्कातीत होना, वर्णनातीत होना, 2 से बढ़कर होना [to ~ s.o.]

transcendence, -cy ट्रान्-सें न्डन्स, -न्सि *nn* (f. foll) 1 उत्कृष्टता, 2 अनुभवातीतता, अतीन्द्रियता

transcendent ट्रान्-सें न्डन्ट *a* & *n* 1 बढ़िया, उत्कृष्ट. श्रेष्ठ [~ merit, genius], 2 मानव की अनुभूति से बाहर का, इन्द्रियातीत, अतीन्द्रिय; 3 (esp of God) प्रकृति के बाहर या परे, भौतिक सीमाओं के पार, मायातीत; *n* इन्द्रियातीत पदार्थ

transcendental ट्रान्-सन्डें न्टल *a* 1 इन्द्रियातीत-ज्ञान-संबंधी, साधारण मानव के ज्ञान या अनुभूति के परे का, 2 सूक्ष्म, दुरूह, गूढ़, गहन, 3 ~ **meditation** बेचैनी और चिन्ता से मुक्त रहने के लिए ध्यान लगाने की विधि; योग-साधन, योगाभ्यास, योगसमाधि; *n* दुरूह या अबोधगम्य बात या धारणा; योगविषयक शब्द या पद; ~**ism** ट्रान्सन्डें न्टलिज़म *n* 1 योग की फ़िलास्फ़ी, योगदर्शन; 2 ओजस्वी भाषा

transcontinental ट्रान्स्कों न्टि-नें न्टल *a* महाद्वीप के एक सिरे से दूसरे सिरे तक जाने वाला या फैला हुआ, पारमहाद्वीपी [~ railway etc]

transcribe ट्रान्स्-क्राइब *vt* 1 लिखना, प्रतिलिपि तैयार करना, प्रतिलिखित करना, (नकल) उतारना, 2 (लेख को) दूसरी लिपि में लिखना (*e.g.* देवनागरी को रोमन लिपि में लिखना); लिप्यन्तर करना, 3 (आशुलिपि को) साधारण लिपि में लिखना, 4 (पुनः प्रसारण के लिए) रिकार्ड बनाना, ध्वन्यंकन करना, (रिकार्ड) प्रत्यंकन करना, 5 *mus* अन्य वाद्य के उपयुक्त बनाना; ~**r** *n* लिप्यन्तरक, लिप्यन्तरकार

transcript ट्रान्स्क्रिप्ट *n* 1 प्रतिलिपि, प्रतिलेख, 2 रिकार्ड

transcription ट्रान्स्-क्रिप्शन *n* 1 प्रतिलेखन, 2 प्रतिलेख, प्रतिलिपि, 3 रिकार्ड (बनाना), लिप्यंकन

transect ट्रान्-सें क्ट *vt* आड़े काटना; आर-पार काटना

transept ट्रान्सें प्ट *n* 1 क्रूसाकार (+) गिरजे का अनुप्रस्थ अथवा अनुलम्ब भाग; 2 अनुप्रस्थ अथवा अनुलम्ब भाग की कोई एक भुजा [north, south, ~]

transfer¹ ट्रैन्स्-, ट्रान्स्-फ़र *vt* (-rr-) 1 दूसरे व्यक्ति को देना, हस्तांतरित करना, सौंपना, हवाले करना [to ~ a ticket **to** s.o.]; दूसरे के नाम लिख देना [to ~ a property, right, etc, **to** s.o.]; संक्रामित करना [to ~ a vote]; 2 दूसरे स्थान में भेजना, स्थानान्तरित करना, अन्यत्र भेजना, बदली या तबादला करना [to ~ an officer]; (छात्र को) दूसरे स्कूल में भेजना; 3 दूसरे खाते में लिखना [to ~ a sum], 4 (चित्र को) उतारना, 5 (रूपक का विस्तार करके) शब्द का अर्थ बदलना, 6 *vi* (यात्रा जारी रखने के लिए) गाड़ी या बस बदलना; गन्तव्य स्टेशन बदलना

transfer² ट्रान्स्फ़र *n* 1 हस्तान्तरण; स्थानान्तरण, बदली, तबादला; संक्रमण, 2 उतारा जाने वाला चित्र, अनुचित्र; उतार कर दूसरी जगह पर लगाया जाने वाला (लघु) चित्र, अनुचित्र; ~-**paper** पत्थर पर चित्र आदि उतारने का काग़ज़, उतार-काग़ज़

transferable ट्रान्स्फ़-र-बल *a* 1 हस्तान्तरणीय, 2 स्थानान्तरणीय, 3 संक्रमणीय, ~ **vote** ऐसा मत जो मत प्राप्तिकर्ता के हार जाने या आवश्यकता से अधिक मत प्राप्त कर लेने पर मतदाता के संकेतानुसार दूसरे उम्मीदवार को मिल जाता है, संक्रमणीय मत

transferee ट्रान्स्फ़-री *n* व्यक्ति जिसके नाम जायदाद आदि लिख दी जाए; संक्रमण का पात्र,

संक्रमणी

transference ट्रान्स्फ़रन्स *n* 1 संक्रमण, हस्तान्तरण, 2 *psych* (इच्छाओं, भावनाओं आदि का दूसरे व्यक्ति या पदार्थ के प्रति) संक्रमण, अन्यारोपण

transfiguration ट्रान्स्फ़िग्यु-रेशन *n* (वि० ईसा का) दिव्यरूपधारण

transfigure ट्रान्स्-फ़िगर *vt* 1 रूपान्तर करना, रूपान्तरित करना, 2 (गौरवान्वित करने के लिए) आदर्श या दिव्य रूप देना

transfix ट्रान्स्-फ़िक्स *vt* 1 (बरछे आदि से) बींधना, 2 (of horror, amazement, etc) व्यक्ति को निश्चेष्ट कर देना, (in *pass*) वहीं का वहीं खड़ा रह जाना, हिल-डुल न सकना, 3 स्तंभित कर देना; **transfixion** ट्रान्स्-फ़िक्शन *n* वेधन, छेदन

transform ट्रान्स्फ़ॉर्म *vt* & *i* 1 (रूप, स्वभाव आदि) बदलना, रूपान्तरित करना [A caterpillar is ~ed into a butterfly], कुछ का कुछ बना देना, काया-पलट कर देना [His stay in the Ashram has ~ed him], 2 बदल देना [to ~ heat into energy]; 3 कम या अधिक करना, घटाना-बढ़ाना [to ~ voltage]; 4 *vi* नया रूप धारण करना; बदल जाना

transformation ट्रान्स्फ़र्-मेशन *n* 1 परिवर्तन, 2 रूपान्तरण, काया-पलट, 3 नया रूप, रूपान्तर, 4 ~ **scene** मूक-नाटक का वह दृश्य जहां कोई पात्र आदि दर्शकों के देखते-देखते ही नया रूप धारण कर लेता है; रूपान्तरण दृश्य

transformer ट्रान्स्-फ़ॉर्मर *n* (बिजली का) वोल्ट-शक्ति घटाने-बढ़ाने का यन्त्र, ट्रांसफ़ार्मर

transfuse ट्रान्स्-फ़्यूज *vt* 1 (द्रव को) उंडेलना, 2 *fig* व्याप्त करना, भर देना, के मन में बिठाना [to ~ a love of literature to one's students], 3 एक व्यक्ति की धमनियों से दूसरे की धमनियों में (रुधिर) पहुंचाना, रक्तसंक्रामण करना, 4 (वि० रक्त का) इंजेक्शन लगाना या देना, खून चढ़ाना

transfusion ट्रान्स्-फ़्यूश्ज़न *n* blood ~ रक्तसंक्रामण, रक्ताधान, खून चढ़ाना

transgress ट्रान्स्-ग्रे`स *vt* 1 (कानून, नियम, आज्ञा आदि) भंग करना, उल्लंघन करना, (मर्यादा, अपने अधिकार का) अतिक्रमण करना, 2 *abs* कानून या नियम भंग करना, अपराध करना, पाप करना; **transgression** ट्रान्स्-ग्रे`शन *n* 1 उल्लंघन, अतिक्रमण, 2 अपराध, पाप; ~**ive** ट्रान्स्-ग्रे`सिव *a* 1 उल्लंघनात्मक, 2 अपराधात्मक; ~**or** ट्रान्स्-ग्रे`सर *n* उल्लंघनकर्ता; अपराधी, पापी

tranship ट्रान्शिप = trans-ship

transhipment ट्रान्शिप्मन्ट = trans-shipment

transhumance ट्रान्स्-ह्यूमन्स *n* ऋतु बदलने के साथ मवेशियों का मैदानों से पहाड़ी प्रदेश में (या वापस मैदान में) जाना, मौसम के अनुसार स्थान बदलना, ऋतु-प्रवास

transience, -cy ट्रान्ज़िअन्स, -न्सि *nn* 1 अनित्यता, 2 अल्पकालिकता, क्षणभङ्गुरता

transient ट्रांज़िअन्ट *a* & *n* 1 अस्थायी, अनित्य [~ happiness], 2 अचिरस्थायी, थोड़ी देर का, अल्पकालिक, क्षणभंगुर,, क्षणिक [a ~ gleam of hope], *n* थोड़े दिन ठहरने वाला पर्यटक; अस्थायी कर्मी

transilient ट्रां-सिलिअन्ट *a* अकस्मात् स्थान या रूप बदलने वाला

transilluminate ट्रान्सि-ल्यूमिनेट *vt* (रोगनिदान के लिए अंग में से) प्रकाश गुज़ारना, आर-पार दीप्त करना, पारप्रदीप्त करना

transire ट्रैं-साइअरि *n* (माल ले जाने के लिये चुंगीघर का) अनुमति-पत्र, रवन्ना, चलान

transistor ट्रान्ज़िस्टर *n* 1 लघु उपकरण जिससे विद्युत्कणों का प्रवाह निकलता है, ट्रांज़िस्टर; 2 ~ (**radio**) लघु (एवं सुवाह्य) रेडियो, ट्रां-ज़िस्टर

transit ट्रान्ज़िट *n* 1 एक जगह से दूसरी जगह जाना या ले जाना, पारगमन, यात्रा; परिवहन, ढुलाई; goods damaged **in** ~ रास्ते में खराब हुआ हुआ माल; 2 मार्ग, रास्ता, overland ~ खुश्की का रास्ता, स्थलमार्ग, 3 (नक्षत्र आदि का) किसी स्थान के याम्योत्तर-वृत्त (meridian) के पार जाना, याम्योत्तरगमन, 4 *comb*: ~ **camp** सैनिक या यात्रियों को रास्ते में टिकाने का शिविर; अस्थायी शिविर; ~-**duty** देश में से गुज़रने वाले माल पर लगी चुंगी, पारगमनशुल्क, राहदारी; ~ **visa** देश में से गुज़रने का अनुमति-पत्र, पारगमन-वीज़ा

transition ट्रां-ज़शन *n* 1 एक स्थान या अवस्था से दूसरी में जाना या बदलना, संक्रमण, संक्रान्ति; परिवर्तन; 2 ~ **period** (इस प्रकार बदलने के) बीच का समय; संक्रमण-काल, संक्राम्ति-काल, 3 *art* शैली का परिवर्तन

transitional, -ary ट्रान्ज़िश्नल -नरि *aa* 1 संक्रान्ति या संक्रमण का; परिवर्तन का, 2 ~ **period** (एक अवस्था से दूसरी अवस्था में बदलने के) बीच का समय, संक्रान्ति-काल, ~ **stage** परिवर्तन या संक्रान्ति (की अवस्था, का समय)

transitive ट्रान्ज़िटिव *a* (*gram*, of verb) सकर्मक

transitory ट्रान्ज़िटरि *a* = transient *a* 1, 2

translate ट्रान्स्-लेट *vt* 1 अनुवाद करना, भाषान्तर करना, उल्था करना [to ~ English into Hindi], 2 अर्थ लगाना, समझना; अर्थ बताना, समझाना [I ~d his gestures to the bystanders], 3 (एक अवस्था से दूसरी में) बदलना, परिणत करना [to ~ wishes into deeds], 4 *mech* (एक स्थान से दूसरे में) ले जाना, चलाना, स्थानान्तरित करना, 5 (बिशप का दूसरी जगह) तबादला करना, 6 (जीवित व्यक्ति को शरीरसहित) स्वर्ग में भेजना या पहुंचाना

translation ट्रान्स्-लेशन *n* 1 अनुवाद, भाषान्तर, उल्था, 2 व्याख्या; 3 रूप-परिवर्तन; 4 स्थानान्तरण; 5 जीवित स्वर्गारोहण

translational ट्रान्स्-लेश्नल *a* 1 अनुवाद-संबंधी, 2 एक स्थान से दूसरे स्थान में ले जाने वाला, स्थानान्तरी, स्थानान्तरकारी, स्थानान्तरण [~ motion]

translator ट्रान्स्-लेटर *n* 1 अनुवादक, अनुवादकर्ता, भाषान्तरकार; 2 *mech* स्थानान्तरक, **~y** *a* स्थानान्तरकारी, स्थानान्तरीय

transliterate ट्रान्स्-लिटरेट *vt* लिप्यन्तर करना; **transliteration** *n* लिप्यन्तरण; लिप्यन्तर

translucent ट्रान्स्-लूसन्ट *a* किंचित् पारदर्शक, अल्पपारदर्शक, पारभासी

transmigrant ट्रान्स्-माइग्रन्ट *a* & *n* एक देश से गुज़र कर दूसरे देश में जाने वाला (व्यक्ति), पारगामी, राहगुज़र

transmigrate ट्रान्स्-माइग्रेट *vi* 1 (of soul) नया शरीर धारण करना, पुनर्जन्म ग्रहण करना, फिर जन्म लेना, 2 परदेश में जाना या जा बसना, प्रवास करना; **transmigration** ट्रान्स्माइ-ग्रेशन *n* 1 पुनर्जन्म, देहान्तरप्राप्ति, 2 विदेशगमन, प्रवास; **transmigrator** *n* विदेशगामी, प्रवासी

transmissible ट्रान्स्-मिस-बल *a* (see transmit), 1 जिसे भेजा या पहुंचाया जा सके, प्रेषणीय, 2 (of disease) संक्राम्य, 3 (सन्तान को) देय, 4 जो किसी माध्यम से गुज़र सके, पारगम्य, 5 प्रसारण करने योग्य, प्रसार्य

transmission ट्रान्स्-मिशन *n* 1 भेजने या पहुंचाने का कार्य, प्रेषण, 2 (रोग का) संक्रमण, संचार, 3 (संपत्ति आदि का सन्तान को) संक्रमण, 4 (प्रकाश, ताप, विद्युत् आदि का) गुज़रना, पारगमन, संचरण, **~ lines** दूर तक बिजली पहुंचाने के तार, संचरण-लाइन, 5 (रेडियो द्वारा) प्रसारण

transmit ट्रान्स्-मिट *vt* 1 भेजना, पहुंचाना [to ~ a message, parcel, etc to s.o., to somewhere], 2 (रोग आदि) दूसरे को देना या लगाना, दूसरों में फैलाना, संक्रमण करना, 3 (ख़ानदानी विशेषता, स्वभाव, संपत्ति आदि) सन्तान या आने वाली पीढ़ियों को देना, 4 (प्रकाश, ताप आदि) अपने में से गुज़रने देना, के गुज़रने का माध्यम होना [Glass ~s light], 5 (रेडियो द्वारा) प्रसारित करना [to ~ news etc]

transmittable ट्रान्स्-मिट-बल *a* = transmissible

transmitter ट्रान्स्-मिटर *n* 1 प्रेषक, 2 प्रसारण-यन्त्र, ट्रांसमिटर

transmogrification ट्रान्स्-मॉग्रिफ़ि-केशन *n* कायापलट (see foll)

transmogrify ट्रान्स्-मॉग्रिफ़ाइ *vt* (*joc*) (जादू से या आश्चर्यजनक ढंग से किसी का) रूपपरिवर्तन कर देना, कायापलट कर देना

transmutation ट्रान्स्म्यू-टेशन *n* (see foll) 1 परिवर्तन, रूप-परिवर्तन, रूपान्तरण, 2 *phys* तत्त्वपरिवर्तन; तत्त्वान्तरण, 3 *biol* जाति-परिवर्तन

transmute ट्रान्स्-म्यूट *vt* 1 (वस्तु का) रूप बदलना, प्रकार बदलना, कुछ का कुछ बना देना, 2 *phys* एक तत्त्व (element) को दूसरे में बदलना, तत्त्वान्तरण करना, *alch* लोहे आदि घटिया धातुओं को स्वर्ण आदि में बदलना, *biol* जाति बदलना; *geom* एक आकृति को समान क्षेत्रफल या आयतन की दूसरी आकृति में बदलना, आकृति-परिवर्तन करना

transnational ट्रान्स्-नैश्नल *a* देश की सीमा के पार (जाने वाला); राष्ट्रीय हितों से असंबंधित

transoceanic ट्रांस्-ओशिऐनिक *a* समुद्रपार (-स्थित); समुद्रपारगामी [~ flight of birds]

transom ट्रैन्सम *n* (cf. mullion), 1 खिड़की के बीच में लगा आड़ा डंडा या आड़ी पट्टी; मध्यपट्टी, 2 दरवाज़े के ऊपर लगी आड़ी पट्टी, सरदल, 3 **~ window** बीच में लगी आड़ी पट्टी से विभाजित खिड़की; दरवाज़े के ऊपर बनी खिड़की, सरदली खिड़की, 4 जहाज़ के पश्चभाग में खड़े खंभे पर लगे आड़े शहतीरों में से एक, आड़ा शहतीर, कमरबन्द

transparence, -cy ट्रान्स्-पेंअरन्स, -न्सि *nn* 1 पारदर्शकता, पारदर्शिता, 2 स्पष्टता, 3 पारदर्शी चित्र, पारदर्शिका

transparent ट्रान्स्-पेंअरन्ट *a* 1 जिसमें से प्रकाश या ताप गुज़र सके, जिसके पीछे रखी चीज़ स्पष्ट दिखाई दे, पारदर्शक, पारदर्शी, 2 *fig* (of disguise, pretext, etc) जिससे असलियत न छिप सके, साफ़ पता लगने वाला; (of reason etc) स्पष्ट, साफ़, 3 जिसमें बनावट या दिखावा न हो, सच्चा, असली, निष्कपट [~ sincerity]

transpierce ट्रान्स्-पिअर्स *vt* छेद कर (किसी के) आर-पार हो जाना, बींधना

transpiration ट्रान्स्पि-रेशन *n* 1 श्वसन(-क्रिया); श्वास, 2 प्रस्वेदन, प्रस्वेद; 3 वाष्पोत्सर्जन, वाष्प

transpire ट्रान्स्-पाइअर *vt* & *i* 1 (पसीने या श्वास के रूप में) छोड़ना या निकलना, 2 (of plant, leaf) वाष्प छोड़ना, गंध छोड़ना, 3 *vi* पसीना, वाष्प, गंध आदि, 4 *fig* (रहस्य) खुलना, (समाचार) पता लगना [It ~d that the prince had embraced Buddhism]; 5 *colloq* घटित होना, होना [what ~d at the meeting . . .]

transplant ट्रान्स्-प्लान्ट *vt* & *n* 1 (पौधे को) एक जगह से निकाल कर दूसरी जगह लगाना, प्रतिरोपित करना, पौद लगाना, 2 (लोगों को) अन्यत्र बसाना, 3 *surg* (ऊतक या अङ्ग को) शरीर के एक भाग से काट कर दूसरे भाग में या दूसरे व्यक्ति के शरीर में लगाना, प्रतिस्थापित करना; *n* 1 प्रतिस्थापन, 2 प्रतिस्थापित ऊतक या अङ्ग; **transplantation** ट्रान्स्प्लां-टेशन *n* प्रतिरोपण

transport^1 ट्रान्स्-पोर्ट *vt* 1 एक जगह से दूसरी जगह ले जाना, (लोगों या माल का) परिवहन करना,

(माल) ढोना, 2 (अपराधी को) कैदियों की बस्ती में भेजना, काले पानी भेजना, देश-निकाला देना; 3 (esp. in *pp.*) to be ~ed (with joy, rage, etc) आनन्दविभोर होना, क्रोध से पागल होना आदि

transport^2 ट्रान्स्पॉर्ट *n* 1 परिवहन, ढुलाई, 2 परिवहन-साधन, गाड़ी, वाहन, यान [The ~ has arrived]; ~ plane परिवहन-विमान, 3 (oft in *pl*) भावावेश, [was in a ~ of rage; was in ~s (of joy) etc]

transportation ट्रान्स्-पर्-टेशन *n* 1 = transport,1; 2 देश-निकाला, निर्वासन, काले पानी का दण्ड [~ for life]

transporter ट्रान्स्-पॉर्टर *n* 1 परिवहन का काम या व्यवसाय करने वाला, परिवाहक, 2 ढोने वाला, वाहक; ~ **belt** वाहक पट्टा; ~ **bridge** यन्त्र-चालित पुल जिसके द्वारा वाहनों आदि को नदी-पार पहुंचाया जाता है, वाहक पुल

transposal ट्रान्स्-पोज़ल *n* = transposition

transpose ट्रान्स्-पोज़ *vt* 1 स्थान या क्रम बदलना, 2 (दो वस्तुओं का) परस्पर स्थान बदलना, विपर्यास या विपर्यय करना, 3 *alg* (पद को) समीकरण के एक पक्ष से हटा कर दूसरे पक्ष में रखना, पक्षान्तरण करना, पक्षान्तरित करना, 4 *mus* सुर बदलना

transposition ट्रान्स्प-ज़िशन *n* (see prec.) स्थान-परिवर्तन, स्थानान्तरण, क्रमपरिवर्तन; विपर्यास; पक्षान्तरण

trans-sexual ट्रान्स्-सेॅक्शुअल *n* & *a* 1 (व्यक्ति) जिसमें अपने से विपरीत लिङ्ग के मानसिक लक्षण हों, 2 जिसका लिङ्ग बदल दिया गया हो, लिङ्ग-परिवर्तित (व्यक्ति)

trans-ship ट्रान्स्-शिप, ट्रान्शिप *vt* & *i* 1 एक जहाज़ या गाड़ी आदि से दूसरे पर लादना या सवार करना; 2 *vi* दूसरे जहाज़ या गाड़ी पर सवार होना; जहाज़ या नाव या गाड़ी बदलना; ~**ment** *n* दूसरे जहाज़ या गाड़ी आदि पर सवार होना, गाड़ी आदि बदलना

transubstantiate ट्रां-सब्-स्टैन्शिएट *vt* 1 एक पदार्थ को दूसरे में बदलना, (पदार्थ का) तत्त्व-परिवर्तन या तत्त्वान्तरण करना, 2 *theol* प्रसादरूप शराब और रोटी को ईसा के रक्त और शरीर में बदलना; **transubstantiation** ट्रां-सब्स्टैन्शि-एशन *n* तत्त्वपरिवर्तन

transudation ट्रान्स्यू-डेशन *n* 1 पारस्रवण, 2 स्राव, पारस्राव; **transudatory** *a* पारस्रावी

transude ट्रां-स्यूड *vi* (झिल्ली आदि में से) रिसना

transversal ट्रान्ज़्-वर्सल *a* & *n* 1 तिरछा, तिर्यक्, आड़ा, अनुप्रस्थ, 2 आर-पार स्थित या जाने वाला; ~ line रेखाओं को काटने वाली रेखा; *n* 1 तिर्यक् रेखा; 2 अन्य रेखाओं को काटने वाली रेखा

transverse ट्रान्ज़्-वर्स *a* 1 = transversal 1 & 2; 2 ~ **magnet** चुम्बक जिसके ध्रुव भुजाओं में हों (न कि सिरों पर); अनुप्रस्थध्रुव चुम्बक

transvest ट्रान्स्-वेॅस्ट *vt* (*psych*) विपरीत लिंग के (अर्थात् स्त्री को पुरुष के और पुरुष को स्त्री के) वस्त्र पहनाना, to ~ oneself विपरीत लिंग के वस्त्र पहनना; ~**ism** *n* विपरीतलिङ्ग-वस्त्रधारण

trap^1 ट्रैप *n* 1 फंदा, जाल, पाश, 2 (जानवरों को पकड़ने के लिए बना) गढ़ा या घेरा, चोरगढ़ा, **mouse-**~ चूहेदानी, 3 कबूतरों को दरबे में घुसाने का उपकरण, खटका, 4 (also **trapdoor**) फ़र्श या छत में बना चोर-दरवाज़ा, छद्मद्वार, 5 मोटरगाड़ी की रफ़्तार नापने का गुप्त उपकरण (जिससे गति-सीमा के उल्लंघन का पता चलता है); गतिनिरीक्षण-यन्त्र; 6 *fig* व्यक्ति को कुछ कहने या करने पर मजबूर करने की तरकीब, चाल, चालाकी, जाल [He is setting ~s for me]; 7 (स्प्रिङ्गदार) दोपहिया गाड़ी

trap^2 *vt* (-pp-) 1 (स्थान में) फंदा लगाना, अड़का लगाना, 2 (जानवर को) जाल या फंदे में फंसाना, पकड़ना [to ~ mice, foxes, etc]; 3 (व्यक्ति को) फंसाना, फंसा या पकड़ रखना, घेर लेना [The inmates were ~ped by the flames]

trap^3 *vt* (-pp-) 1 (घोड़े पर) साज़ रखना, झूल डालना, 2 सजाना, साज़ सामान लगाना

trapeze ट्र-पीज़ *n* (व्यायाम अथवा कलाबाज़ी का) झूला

trapezium ट्र-पीज़िअम *n* (*pl* ~s; -ia) *geom* 1 केवल दो समानान्तर भुजाओं वाला चतुर्भुज, सम-लम्ब (चतुर्भुज), 2 (U.S.) = trapezoid

trapezoid ट्रैपिज़ॉइड *n* 1 चतुर्भुज जिसकी कोई भी भुजाएं परस्पर समानान्तर न हों, विषमचतुर्भुज, 2 (U.S.) समलम्ब चतुर्भुज

trapper ट्रैपर *n* जंगली जानवरों को पकड़ने वाला, शिकारी

trappings ट्रैपिङ्ग्ज़ *n pl* 1 (घोड़े का) साज़, झूल, 2 *fig* सजावटी सामान या उपकरण, साज़-सामान, सज्जा, टीम-टाम, टीप-टाप [~ of office, of democracy, etc]

trappy ट्रैपि *a* (*colloq*, esp. of things) फंसाने वाला, चक्कर में डालने वाला

traps ट्रैप्स *n pl* (*colloq*) (व्यक्ति का निजी) असबाब, सामान [to pack up one's ~]

trash ट्रैश *n* & *vt* 1 रद्दी या बेकार चीज़, कूड़ा-करकट, 2 (पेड़ आदि की) छांट, छीलन, कतरन, (**cane-**)~ गन्ने की सीठी, 3 घटिया चीज़ या माल, घटिया कृति या रचना या साहित्य, 4 घटिया या निम्न वर्ग का आदमी, घटिया लोग, 5 बक-बक, बकवास; 6 ~**-can** (U.S.) कचरा डालने की पेटी, कूड़ादान; *vt* 1 निकम्मा समझ कर छोड़ देना; 2 नष्ट करना; ~**y** *a* रद्दी, निकम्मा, घटिया, तुच्छ

trauma ट्रॉमा *n* (*pl* ~ta, ~s) 1 चोट, प्रहार, 2 (चोट या दाहक पदार्थ लगने से होने वाला) घाव, क्षत, व्रण, 3 मानसिक आघात, धक्का, सदमा

traumatic ट्रॉ-मैटिक *a* 1 घाव या क्षत का, व्रणात्मक, व्रणजनित [~ condition]; 2 घाव लगाने वाला, 3 घाव ठीक करने वाला, 4 *colloq* जी दुखाने वाला, कटु [a ~ experience]

traumatism ट्रॉमटिज़म *n* चोट या घाव से उत्पन्न हालत, क्षतविकृति

travail ट्रैवेल *n* & *vt* 1 *arch* प्रसव-पीड़ा [woman in ~], 2 कड़ी मेहनत (करना); घोर परिश्रम (करना)

travel^{1} ट्रॅवल *vi* & *t* (-ll-) 1 यात्रा करना, 2 घूमना-फिरना, भ्रमण या सैर करना [to ~ round the world; to ~ over a country], 3 (किसी फ़र्म का) यायावर कर्मचारी या प्रतिनिधि होना, प्रतिनिधिरूप में यात्रा करना [to ~, for a firm, in a commodity]; 4 (of machine or part, light, sound, etc) चलना, जाना, गति करना, 5 to ~ **out of the record** (i) (*fig*) (प्रस्तुत) विषय से भटक जाना; (ii) *colloq* बड़ी तेज़ी से चलना या जाना; 6 *vt* (मार्ग या दूरी) तय करना [to ~ ten miles]

travel^{2} *n* 1 यात्रा, सफ़र, 2 सैर-सपाटा, भ्रमण, पर्यटन, 3 ~ **agency** लोगों की यात्रा का प्रबन्ध करने वाली, संस्था, यात्रा-अभिकरण, 4 (मशीन के पुर्ज़ों की) गति, चाल

traveller ट्रैवलर *n* 1 यात्री, मुसाफ़िर, पथिक; **fellow-~** सफ़र का साथी, सहयात्री, संगी (also see fellow), 2 (commercial) ~ फ़र्म का माल बेचने या माल के लिए आर्डर लेने वाला यात्री, व्यापारिक यात्री, 3 **~'s cheque** यात्री-चेक (जो अनेक नगरों या देशों में भुनाये जा सकते हैं); **~'s tale** अविश्वसनीय वृत्तान्त, उड़ती खबर, अफ़वाह

travelling ट्रैवलिङ्ग *a* & *n* 1 चलता-फिरता, चल-[~ post-office]; 2 ~ **salesman**=prec. 2; *n* यात्रा, सफ़र, दौरा; *comb*: ~ **allowance** यात्रा-भत्ता; ~ bag सफ़री झोला या थैला या बैग

travelogue ट्रैव-लॉग *n* यात्रा-वर्णन; यात्रावृत्त; यात्रा संबंधी फ़िल्म, यात्रा-फ़िल्म, चित्रसहित यात्रा-वार्ता

traversable ट्रैवर्स-बल *a* पारगम्य, पारणीय

traversal ट्र-वर्सल *n*=traverse^{2}, 1

traverse^{1} ट्रैवर्स, ट्र-वर्स *vt* & *i* 1 में से गुज़रना, पार करना [to ~ a region; the region is ~d by canals]; 2 पर्वत पर तिरछे चढ़ना या उतरना, 3 *fig* (विषय के) सभी पहलुओं पर अच्छी तरह विचार करना [to ~ a subject]; 4 (तोप को किसी अनुप्रस्थ दिशा में) घुमाना, मोड़ना, 5 (*law*) इन्कार करना, खंडन करना, प्रत्याख्यान करना, 6 विरोध करना, विघ्न डालना, न होने देना [to ~ a plan, an opinion], 7 (*vi*) (of horse) तिरछे चलना; (of needle of compass) घूमना

traverse^{2} *n* & *a* 1 पारगमन, 2 (इमारत के एक सिरे से दूसरे सिरे तक बना) गलियारा, 3 (रेखा को) काटने वाली रेखा, 4 बाधा डालने वाली चीज़, विघ्न, 5 (मशीन के पुर्ज़ों की) दायें-बायें गति, 6 (जहाज़ का) टेढ़ा-मेढ़ा पथ; 7 (पर्वतारोही की) तिरछी गति, 8 *law* इन्कार, खंडन, प्रत्याख्यान; *a* आड़ा, तिरछा; आर-पार स्थित

travesty ट्रैविस्टि *vt* & *n* 1 (व्यक्ति या वस्तु का) इस प्रकार वर्णन करना कि वह उपहासास्पद लगे, का मज़ाक बनाना, उपहास करना, 2 (साहित्यिक कृति की) उपहासजनक नकल उतारना; *n* 1 उपहासजनक नकल; 2 **a ~ of justice** न्याय की विडम्बना या उपहास

trawl^{1} ट्रॉल *n* 1 (also **~-net**) (समुद्र की गहराई में मछली पकड़ने का) महाजाल (जो पोत द्वारा खींचा जाता है), 2 (also ~-line) समुद्र में मछली पकड़ने की लंबी मजबूत रस्सी (जिसके साथ छोटी-छोटी चारायुक्त डोरियां बंधी रहती हैं); मछुआ-डोरी

trawl^{2} *vt* & *i* (समुद्र में महाजाल अथवा लंबी रस्सी से) मछली पकड़ना; **~er** *n* 1 मछुआ, 2 मछली पकड़ने का जहाज़, मछुआ-पोत

tray ट्रे *n* 1 थाली की तरह का छिछला पात्र, थाली, परात, किश्ती, ट्रे [tea-~], 2 (दफ़्तर में चिट्ठी-पत्री रखने का) ट्रे [in-~, out-~], 3 रकाबी, तश्तरी [ash-~]

treacherous ट्रॅचरस *a* 1 धोखा देने वाला; विश्वासघात करने काला, विश्वासघाती, 2 जो ठीक काम न करे, जिसका भरोसा न किया जा सके [~ memory]; ख़तरनाक, ~ ice ऐसी बर्फ़ जिसके टूट या धँस जाने का डर हो

treachery ट्रॅचरि *n* विश्वासघात, धोखेबाज़ी

treacle ट्रीकल *n* 1 राब; शीरा, चाशनी, 2 *fig* उकता देने वाली चापलूसी; **treacly** *a* 1 चाशनी-जैसा; 2 *fig* अतिमधुर

tread^{1} ट्रॅड *vi* & *t* (trod, trodden) 1 चलना, पाँव धरना [Do not ~ **on** the grass]; कदम रखना, पदार्पण करना, 2 to ~ **lightly** (*fig*) नाज़ुक मामले में बड़ी सावधानी बरतना, *Prov*: **Fools rush in where angels fear to ~** बुद्धिमान् जो काम करने में हिचकिचाते हैं मूर्ख उसे झट कर डालते हैं, 3 **to ~ on s.o.'s corns** *or* **toes** (*fig*) किसी को नाराज़ करना, किसी का दिल दुखाना, किसी के अधिकार का उल्लंघन करना; **to ~ on the heels of** (*fig*, of event) के तुरन्त बाद आना या घटित होना, 4 *vt* पर चलना [to ~ a perilous path]; to ~ grapes (शराब बनाने के लिए) अंगूरों को पाँव से कुचलना, to ~ **water** खड़े-खड़े तैरना, 5 (of male bird) मैथुन करना, 6 to ~ **~ down** रौंदना, कुचलना; दमन करना; to ~ **out fire** पाँव से दबा कर आग बुझाना; (*fig*) to **~ out an insurrection** विद्रोह दबा देना; ~ sth, s.o., **under foot** कुचलना, पददलित करना, के प्रति तिरस्कारपूर्वक व्यवहार करना; to ~ the

stage *or* **boards** रंगमंच पर आना; अभिनेता बनना

tread^2 *n* **1** चाल, **2** पदचाप, पाँव की आहट, **3** (of male bird) मैथुन, **4** सीढ़ी का ऊपरी तल, सोपान-पाद; **5** ~**-mill** कैदियों द्वारा पांव से चलाने की चक्की, पाँवचक्की, *fig* उबाने वाला श्रम, उबाऊ या नीरस काम; ~**-wheel** पाँव-चक्की

treadle ट्रॅ‍ॅडल *n* & *vi* **1** (साइकिल, सिलाई की मशीन, ख़राद आदि का) वह पुर्ज़ा जिसे पैर से चलाने से मशीन चलती है, पैंडल, **2** ~**-press** पदचालित मुद्रणयन्त्र; *vi* पैर मारना, पैंडल मारना

treason ट्रीज़न *n* **1** (**High**) ~ राजद्रोह, **2** (मित्र आदि के प्रति) विश्वासघात, ग़द्दारी [~ to a cause, friend, etc], **3** ~ **felony** राजा को गद्दी से उतारने या उसके विरुद्ध लड़ाई छेड़ने की कोशिश, ~**able** *a* **1** राजद्रोहात्मक, देशद्रोह का, **2** राजद्रोह या देशद्रोह करने वाला, राजद्रोही, देशद्रोही; ~**ous** *a* द्रोहपूर्ण, राजद्रोहपूर्ण, देशद्रोहपूर्ण

treasure^1 ट्रॅ‍ॅश्ज़र *n* **1** स्वर्ण, रत्न आदि की संचित या कहीं दबी हुई राशि, खज़ाना, निधि, **2** संचित धन, कोष, **3** किसी प्रकार की दुर्लभ या बहुमूल्य वस्तु का नमूना [art ~s]; (*colloq*) अतिप्रिय व्यक्ति, **4** *comb*: ~**-house** खज़ाना, भंडार [~-house of information]; ~ **trove** कहीं गड़ा हुआ मिला ख़ज़ाना, निखात निधि; *fig* (स्वयं संचित किया हुआ या अचानक हाथ लगा) बहुमूल्य पदार्थ

treasure^2 *vt* **1** संचित करना [to ~ **up** wealth]; **2** बहुमूल्य समझना, (बहुमूल्य मान कर) संजो रखना [to ~ **up** s.o.'s words, memory, etc]

treasurer ट्रॅ‍ॅश्ज़रर *n* कोषाध्यक्ष, ख़ज़ानची

treasury ट्रॅ‍ॅश्ज़रि *n* **1** धन, स्वर्ण आदि संचित कर रखने का स्थान, खज़ाना, कोषागार; *fig* ज्ञान आदि का भंडार, खज़ाना, निधि [a ~ of information], 2 (सरकारी) ख़ज़ाना, राजकोष, कोषागार; कोष-विभाग, **3 T**~ **benches** हाउस आफ़ कामन्स या संसद् में मंत्रियों के बैठने की बेंचें, मन्त्रीपीठ; ~ **bill** सरकारी हुंडी, ~ **note** (सरकारी) नोट; ~ officer कोषाधिकारी

treat^1 ट्रीट *vt* & *i* **1** से व्यवहार या बर्ताव करना, पेश आना, **2** समझना, मानना [to ~ sth as a joke], **3** इलाज या चिकित्सा करना [to ~ s.o. for sunstroke], **4** (विषय का) प्रतिपादन या निरूपण करना, प्रस्तुत करना [to ~ a subject realistically; also see 8], **5** अपने पैसे से किसी को खिलाना-पिलाना आदि; (खिलाने-पिलाने या मनोरंजन पर) ख़र्च करना [to ~ s.o. to an ice-cream, to dinner]; आतिथ्य करना; **to ~ oneself to sth** का स्वयं आनन्द लेना [I shall ~ myself to a chocolate, to a holiday in the hills]; (of candidate for election), **to ~ the voters** (वोट पाने के विचार से) मतदाताओं को खिलाना-पिलाना, **6** *chem* संसाधित करना [to ~ sth with an acid], **7** *vi* समझौते या संधि की (शर्तें तय करने के लिए) बातचीत करना, समझौते की शर्तों पर बातचीत करना [to ~ **with** s.o.; to ~ **for** peace]; **8** to ~ **of** a subject विषय पर लिखना या बोलना या विचार व्यक्त करना [the book ~s of the caste system]

treat^2 *n* **1** मनोरंजन, आनन्ददायक वस्तु या बात [It is a ~ to listen to him; the discourse was a real ~]; **2** भोज, दावत

treatise ट्रीटिज़ *n* विषय-विशेष का सविस्तर प्रतिपादन करने वाला लेख या ग्रन्थ, निबन्ध, प्रबन्ध

treatment ट्रीट्‌मन्ट *n* **1** बर्ताव, व्यवहार, सलूक [her ~ **of** her step-son], **2** इलाज, चिकित्सा, उपचार, दवा-दारू, **3** (विषय का) प्रतिपादन, निरूपण, **4** *chem* अभिक्रिया, संसाधन

treaty ट्रीटि *n* **1** सन्धि, सुलह, सन्धिपत्र, सुलहनामा, ~ **port** सन्धि (के अनुसार विदेश-व्यापार के लिए खुला) पत्तन; ~ rights सन्धिगत अधिकार; **2** (i) (जायदाद खरीदने के बारे में व्यक्तियों में) समझौता, इकरार; (ii) क्रय-विक्रय की बातचीत, to **be in** ~ **with** s.o. for purchase etc . . . ख़रीदने आदि के लिये किसी से बातचीत करना

treble ट्रॅ‍ॅबल *a*, *n* & *vt* & *i* **1** तिगुना; तिहरा, **2** *mus* उच्चतम; *n* **1** तिगुनी चीज़, तिगुनी मात्रा, **2** (वाद्य या लड़के या स्त्री का) उच्चतम स्वर, *vt* & *i* तिगुना करना या होना, **trebly** *adv* तिगुना

trebuchet ट्रॅ‍ॅब्यूशॅ‍ॅट, **trebucket** ट्रॅ‍ॅबकॅ‍ॅट *n* **1** पत्थर फेंकने का प्राचीन अस्त्र, शिलाक्षेपक; **2** (हल्की चीज़ें तोलने की) तुला

tree ट्री *n* **1** पेड़, वृक्ष; **to be up a tree** (*fig*) किंकर्तव्यविमूढ़ होना, चकरा जाना, उलझन या मुसीबत में होना; **to grow on trees** बिना यत्न के बड़ी संख्या या मात्रा में सुलभ होना, **2** (*arch* or *poet*) फांसी का तख़्ता, टिकटी, **3** (also family, genealogical, ~) वंशवृक्ष, वंशावली, **4** कलबूत (also shoe-~), **5** *comb*: ~ **of knowledge** ज्ञान की शाखाएं; ज्ञानवृक्ष; ~**-top** पेड़ की सब से ऊची शाखाएं, पेड़ की चोटी या शिखर; ~**-trunk** तना

trefoil ट्रॅ‍ॅफ़ॉइल *n* & *a* **1** पौधा जिसका पत्ता तीन भागों में विभक्त होता है, तिपतिया; **2** *archit* तिपतिया सजावट, त्रिदली; **3** तीन जुड़े हुए गोल खंडों वाली कोई चीज़; *a* **1** तिपतिया; **2** तीन गोल खंडों वाला, त्रिखंडी

trek ट्रॅ‍ॅक *vi* & *t*, (*-kk-*) & *n* **1** कठिनाई से या धीरे-धीरे यात्रा करना, **2** पैदल चलना, **3** (in S. Africa) बैलगाड़ी से यात्रा करना, *n* **1** कठिन लंबी यात्रा, **2** (तय की जाने वाली) दूरी

trellis ट्रॅ‍ॅलिस *n* & *vt* **1** ~**(-work)** (तार या धातु या काष्ठ की बनी) जाली, झंझरी, **2** जाफ़री;

vt (बेल को) जाफ़री पर चढ़ाना

tremble ट्रें॑म्बल *vi* & *n* 1 हिलना-डोलना, कांपना, थरथराना, लरजना, सिहरना, 2 डरना, दहलना, I ~ for his safety मुझे डर है कि कहीं उसे मार न दिया जाये, मैं उसकी सुरक्षा के लिए चिन्तित हूं; 3 कांपना, थरथराना [I ~ at the thought], 4 (*fig*, of person's fate, life, etc) **to ~ in the balance** नाज़ुक हालत या घोर संकट में होना (cf. to hang in the balance^1); *n* 1 कंपन, कंपकंपी, थरथराहट, सिहरन; **all of a ~** (*colloq*) सिर से पैर तक कांपता हुआ, 2 (in *pl*) रोग जिसमें रोगी को कंपकंपी होती है, कंपन; **trembly** *a* (*colloq*) कांपता हुआ

tremendous ट्रि-मे॑न्डस *a* 1 भयङ्कर, भीषण, ज़बरदस्त, 2 *colloq* महान्, बहुत बड़ा, भारी [a ~ success; it makes a ~ difference], आश्चर्यजनक, बढ़िया

tremolo ट्रें॑मलो *n* 1 *mus* स्वरकम्प, गिटकिरी, 2 *ling* थरथराहट

tremor ट्रें॑मर *n* & *vi* 1 (of leaf, part of body, voice, person) कंपन, कंपकंपी, थरथराहट, 2 (earth) ~ हल्का भूकंप; *vi* कांपना

undertone अन्डर्टोन *n* 1 धीमी आवाज़ [to speak in an ~], 2 हल्का रंग; 3 तह में विद्यमान भावना या बात=undercurrent

undertow अन्डर्टो *n* समुद्री सतह के नीचे की धारा जो ऊपरी प्रवाह की विपरीत दिशा में बहती है, अध:प्रवाह, अधोधारा

undervalue अन्डर्-वैल्यू *vt* 1 कम या न्यून मूल्य लगाना, 2 कम अनुमान लगाना, 3 कम महत्त्व समझना; **undervaluation** *n* न्यूनमूल्यन

underwear अन्डर्वें'अर=underclothes

underweight अन्डर्वेट *n* & *a* कम भार, अपर्याप्त भार; *a* साधारण से कम भार का, कम-वज़न, न्यूनभार, हल्का

underwood अन्डर्वुड *n* झाड़-झंखाड़ (=undergrowth)

underworld अन्डर्वर्ल्ड *n* 1 (समाज का) पतित वर्ग; चोर, डाकू, वेश्या आदि, 2 *myth* यमलोक

underwrite अन्डर्-राइट *vt* (-wrote, -written) 1 (वि० जहाज़ी माल का) बीमा करना, समुद्री बीमा करना, 2 कंपनी के बाकी हिस्से (जो जनता द्वारा न खरीदे गये हों) खरीदने का वचन देना, 3 पैसा या पूंजी लगाने का ज़िम्मा लेना, 4 नीचे लिखना, (दस्तावेज़ पर) हस्ताक्षर करना

underwriter अन्डर्राइटर *n* (see prec) 1 (वि० जहाज़ी माल का) बीमाकर्ता, 2 the ~s (कंपनी के) हिस्सों के ज़मानतदार, प्रतिभूति-मंडल

undeserved अन्-डि-ज़र्व्ड *a* 1 (of punishment) अकारण, 2 (of reward) अनर्जित

undeserving अन्-डि-ज़र्विङ्ग *a* 1 अनर्ह, अपात्र, अनधिकारी, 2 अयोग्य [~ of attention]

undesigned अन्-डि-ज़ाइन्ड *a* बिना इरादे के किया हुआ, अविचारित, अविचारकृत; अनभिप्रेत; ~**ly** *adv* बिना इरादे के

undesirable अन्-डि-ज़ाइअ-र-बल *a* 1 अवांछनीय, नापसंद, 2 आपत्तिजनक, 3 अनिष्ट, बुरा, अप्रिय

undetermined अन्-डि-टर्मिन्ड *a*=undecided

undeterred अन्-डि-टर्ड *a* हिम्मत न हारने वाला, हतोत्साह न होने वाला, न डरने वाला, निर्भीक

undeveloped अन्-डि-वेॅलप्ट *a* (of country) जिसके आर्थिक साधनों का विकास न हुआ हो, अविकसित

undies अन्डिज़ *n pl* (बच्चे या स्त्री के) अधोवस्त्र [short for 'underwear']

undigested अन्-डाइ-जेॅस्टिड *a* 1 अनपचा, 2 *fig* कच्चा, अपरिपक्व

undignified अन्-डिग्निफ़ाइड *a* अशोभनीय, ओछा, गिरा हुआ

undiplomatic अन्डिप्ल-मैटिक *a* राजनय के विरुद्ध, अराजनयिक; राजनयिक के लिए अशोभनीय

undisciplined अन्-डिस्सिप्लिन्ड *a* अनुशासनहीन

undiscriminating अन्डिस्-क्रिमिनेटिङ्ग *a* 1 बिना भेद-भाव का, 2 (of person) विवेकरहित, 3 अंधाधुंध, बिना सोचे-समझे [~ praise]

undisguised अन्-डिस्-गाइज़्ड *a* 1 न छिपाया हुआ, ज्यों का त्यों, प्रकट, स्पष्ट, साफ़ [~ feeling], 2 बिना भेस बदले

undismayed अन्-डिस्-मेड *a* हिम्मत न हारने वाला, हतोत्साह न होने वाला

undisputed अन्-डिस्-प्यूटिड *a* निर्विवाद [~ facts]

undistributed अन्-डिस्-ट्रिब्यूटिड *a* अनबटा, अवितरित

undisturbed अन्-डिस्-टर्ब्ड *a* 1 (of person) शान्त; 2 बीच में न टूटने वाला, भंग न होने वाला, [~ sleep, peace], 3 ज्यों का त्यों

undivided अन्-डि-वाइडिड *a* अविभाजित, अविभक्त [~ Hindu family]

undo अन्-डू *vt* 1 (कोट, बटन, गांठ आदि) खोलना, 2 रद्द करना, काट देना, किया बेकिया करना [You can't ~ your past actions], 3 विपरीत कार्यवाही द्वारा ठीक करना, प्रतिकार करना [to ~ the mischief]; (किसी का) भविष्य बिगाड़ना, बरबाद करना, सर्वनाश करना; **undoing**

अन्-डूइङ्ग *n* 1 बरबादी, विनाश; 2 विनाश का कारण [Gambling was his undoing]; **undone** अन्-डन *a* 1 न किया हुआ, अकृत, असंपादित, 2 बरबाद, तबाह, जिसका सर्वनाश हो गया हो

undock अन्-डॉक *vt* & *i* (जुड़े हुए) अन्तरिक्षयानों को अलग-अलग करना, अलग-अलग होना (see dock^{3} *vt* & *i*, 3)

undoubted अन्-डाउटिड *a* सन्देहरहित, विवादरहित, निर्विवाद, माना हुआ; ~**ly** *adv* निस्सन्देह, अवश्यमेव; **undoubting** अन्-डाउटिङ्ग *a* सन्देह न करने वाला, सच मान लेने वाला, विश्वासी, भोला

undress अन्-ड्रॅस *n* & *vt* & *i* (घर पर पहनने के) ढीले-ढाले कपड़े; *vt* & *i* कपड़े उतारना, नग्न करना या होना

undue अन्-ड्यू *a* 1 अनुचित, 2 (ज़रूरत से) अधिक, बहुत ज़्यादा, 3 **undue influence** (*law*) अनुचित प्रभाव या दबाव (जो व्यक्ति को स्वेच्छानुसार कार्यवाही करने से रोके)

undulant अन्डयुलन्ट *a* 1 लहराता हुआ, लहरदार, 2 ~ **fever** घटने-बढ़ने वाला ज्वर

undulate अन्डयुलेट *vi* & *n* (लहर की तरह) ऊपर-नीचे होना, लहराना, कभी इधर कभी उधर होना; **undulating country** ऊंचा-नीचा प्रदेश, **undulating crops** लहराती हुई फ़सलें; **undulate** अन्डयुलट *a* 1 ऊंचा-नीचा, उच्चावच्च, लहरदार, 2 लहरिया [leaves with undulate margins]; **undulation** अन्डयु-लेशन *n* 1 लहराना, तरङ्गित होना, लहरदार गति, 2 लहरिया आकार, 3 लहर, ऊर्मि; **undulatory** अन्डयुलेटरि *a* 1 ऊंचा-नीचा, लहरिया, लहरदार, 2 तरङ्गित, ऊर्मिमय

unduly अन्-ड्यूलि *adv* अनुचित रूप से, ज़रूरत से अधिक; अत्यधिक, बेहद

undying अन्-डाइ-इङ्ग *a* सदा रहने वाला, अमर

unearned अन्-अर्न्ड *a* अनर्जित, अनुपार्जित [~ income; increment]

unearth अन्-अर्थ *vt* 1 खोदकर निकालना, 2 बिल से बाहर निकालना, 3 पता लगाना, प्रकट करना [to ~ a plot]

unearthly अन्-अर्थ्लि *a* 1 अपार्थिव, अलौकिक, असाधारण, विलक्षण, 2 (*colloq*) असुविधाजनक, कष्टकर, अजीब [getting up at this ~ hour to catch the train]

uneasiness अन्-ईज़िनिस *n* 1 किंचित् कष्ट, बेचैनी, 2 चिन्ता, उद्विग्नता

uneasy अन्-ईज़ि *a* 1 बे-आराम, बेचैन, to pass an ~ night कष्ट या बेचैनी से रात बिताना, 2 असुविधाजनक, कष्टप्रद, चिन्ताजनक; 3 चिन्तित, घबराया हुआ

uneatable अन्-ईट-बल *a* (बासी आदि होने के कारण) जो खाने के लायक न हो, अभोज्य, अभक्ष्य

uneconomic अन्-ऍक-नॉमिक *a* जिससे आर्थिक लाभ न हो सके, अलाभकर [~ **holdings**]; **uneconomical** अन्-ऍक-नॉमिकल *a* 1 फ़ज़ूलख़र्च, ख़र्चीला; फ़ज़ूलख़र्ची का, अपव्यय का, 2 घाटे का, महंगा

uneducated अन्-ऍजुकेटिड *a* अशिक्षित, अनपढ़

unemployed अन्इम्-प्लॉ-इड *a* 1 बेरोज़गार, बेकार, 2 जो काम में न लाया गया हो, बेकार पड़ा हुआ, अप्रयुक्त; **unemployment** अन्इम्-प्लॉइमन्ट *n* बेरोज़गारी, बेकारी

unencumbered अन्इन्-कम्बर्ड *a* 1 (of estate) जो गिरवी न रखी हुई हो, जिस पर ऋण न लिया गया हो, ऋणरहित, 2 (of person) जिसके (साथ) बाल-बच्चे न हों, सन्तानविरहित

unenviable अन्-ऍन्विअ-बल *a* जिसे देखकर किसी के मन में ईर्ष्या न पैदा हो, जिसे कोई पाना न चाहे, अवांछनीय; दयनीय

unequal अन्-ईक्वल *a* 1 (परस्पर) असमान, 2 अपर्याप्त, अपर्याप्त योग्यता या क्षमता वाला, असमर्थ [to be ~ to the task], 3 अन्याय्य, अनुचित, जिसमें दोनों पक्षों को समान सुविधा न प्राप्त हो [~ bargain, contest]; **unequalled** *a* अद्वितीय, अनुपम

unequivocal अन्इ-क्विव-कल *a* जिसका एक ही अर्थ हो, जिसमें भ्रम या सन्देह की संभावना न हो, असन्दिग्ध, स्पष्ट, साफ़

unerring अन्-अरिङ्ग *a* 1 ग़लती या भूल न करने वाला, पक्का, 2 जिसमें तनिक भूल न हो, निर्भ्रान्त, बिल्कुल ठीक, 3 ठीक निशाने पर लगने वाला, अचूक

UNESCO, Unesco यू-नॅस्को (see *abbrs*)

unessential अन्-इ-सॅन्शल *a* & *n* 1 अनावश्यक, 2 जो बहुत ज़रूरी न हो, गौण, *n* the ~s सहायक या गौण वस्तुएं

unethical अन्-ऍथिकल *a* 1 मर्यादा-विरुद्ध, मर्यादाहीन, अनैतिक, 2 बेईमान; बेईमानी का

uneven अन्-ईवन *a* 1 खुरदरा [~ surface], 2 ऊंचा-नीचा, ऊबड़-खाबड़, नाहमवार [~ road], 3 एक-समान न रहने वाला, घटने-बढ़ने वाला [~ flow]; 4 बदलता रहने वाला, परिवर्ती [~ temper]

uneventful अन्-इ-वॅन्ट्फ़ल *a* रोचक या महत्त्वपूर्ण घटनाओं से रहित [~ life, journey, etc]

unexampled अन्-इग्-ज़ाम्पल्ड *a* अद्वितीय, बेजोड़, अनुपम, ला-जवाब

unexceptionable अनिक्-सॅप्श-न-बल *a* 1 जिस पर आपत्ति न की जा सके, दोषरहित, 2 उचित, सोलहों आने ठीक, बिल्कुल ठीक [~ conduct], परम सन्तोषजनक

unexceptional अनिक्-सॅप्शनल *a* जिसमें कोई विशेषता न हो, साधारण

unexpected अनिक्स्-पॅक्टिड *a* 1 अप्रत्याशित, अतर्कित, 2 आकस्मिक

unexpurgated अन्-ऍक्स्पर्गेटिड *a* जिसके

आपत्तिजनक अंश न निकाले गये हों, ज्यों का त्यों, अविकल, अपरिष्कृत, अशोधित [~ edition]

unfailing अन्-फ़ेलिङ्ग *a* 1 अचूक, अमोघ [~ remedy], 2 भरोसे का, विश्वसनीय, 3 कम या ख़तम न होने वाला, अखूट, अक्षय [~ sources, supply, etc]

unfair अन्-फ़ॆअर *a* 1 अनुचित, नामुनासिब, बेजा; 2 अन्याय का, अन्याय्य, पक्षपातपूर्ण, पक्षपाती, 3 बेईमानी का, कपटपूर्ण; ~ means बेईमानी, धोखा, ठगी आदि; (परीक्षा में) नकल आदि, 4 (of play) नियमविरुद्ध

unfaithful अन्-फ़ेथ्फ़ल *a* 1 विश्वासघाती, धोखेबाज़, दग़ाबाज़, 2 अस्वामिभक्त, नमकहराम, कृतघ्न, 3 व्यभिचारी, बेवफ़ा; व्यभिचारिणी, असती

unfamiliar अन्-फ़-मिल्यर *a* 1 अपरिचित, 2 अनभिज्ञ, अनाड़ी

unfashionable अन्-फ़ैश-न-बल *a* (of clothes) जिसका फ़ैशन या रिवाज न (रहा) हो, अप्रचलित, जो फ़ैशन के अनुसार न हो

unfasten अन्-फ़ासन *vt* ढीला करना; खोलना

unfathomable अन्-फ़ैद्म-बल *a* 1 अथाह, अगाध [~ abyss]; 2 दुर्ज्ञेय, गूढ़ [~ mystery]

unfavourable अन्-फ़ेव-र-बल *a* 1 अननुकूल [~ attitude], 2 प्रतिकूल [~ wind]; 3 अलाभकर [~ terms]

unfeasible अन्-फ़ीज़-बल *a* जो न किया जा सके, असंभव; अव्यवहार्य

unfeeling अन्-फ़ीलिङ्ग *a* 1 हृदयहीन, निर्दय, कठोर, सहानुभूतिरहित, 2 संवेदनाशून्य, सुन्न

unfeminine अन्-फ़ॆमिनिन *a* 1 स्त्रियों को शोभा न देने वाला, अस्त्रियोचित; 2 नारी-स्वभाव के प्रतिकूल

unfettered अन्-फ़ॆटर्ड *a* 1 बन्धनरहित, मुक्त, उन्मुक्त, 2 अपनी इच्छा के अनुसार, स्वच्छन्द, स्वतन्त्र [~ choice]

unfilial अन्-फ़िलिअल *a* पुत्र या पुत्री को शोभा न देने वाला, अपुत्रोचित, अकन्योचित

unfit अन्-फ़िट *a* & *vt* (-tt-) 1 अयोग्य [~ to do sth]; अनुपयुक्त [~ for some purpose]; अक्षम, असमर्थ, अस्वस्थ; 2 *vt* अयोग्य या अक्षम बना देना; **unfitted** *a* साज-सज्जा रहित, साज-सामान रहित, असज्जित

unflagging अन्-फ़्लैगिङ्ग *a* कम न होने वाला, अदम्य [~ courage, vigour]; शिथिल या मन्द या ढीला न पड़ने वाला, निरन्तर (बना रहने वाला) [~ interest]

unflattering अन्-फ़्लैटरिङ्ग *a* बिना चापलूसी का, जिसमें लल्लो-चप्पो न हो, यथार्थ [in ~ terms]

unfledged अन्-फ़्लॆज्ड *a* 1 (of bird) जिसके पंख पूरे न उगे हों (और जो उड़ न सके), पंखहीन, बेपर; 2 (of person) अनुभवहीन, अधकचरा

unflinching अन्-फ़्लिन्चिङ्ग *a* 1 कम या शिथिल या मन्द न होने वाला, अचल, अडिग, दृढ़, स्थिर, निरन्तर [~ courage, loyalty, support], 2 पीछे न हटने वाला, विचलित न होने वाला, न घबराने वाला, डटा रहने वाला, अटल

unfold अन्-फ़ोल्ड *vt* & *i* 1 खोलना, फैलाना, 2 खोल कर दिखाना, प्रदर्शित करना, 3 प्रकट करना, वर्णन करना, बताना, समझाना [to ~ one's thoughts, plans, etc], 4 *vi* खुलना; 5 आंखों के सामने आना, दिखाई देने लगना, दृष्टिगोचर होना [The landscape ~s (itself) before us]

unforeseen अन्फ़ॉर्-सीन *a* अपूर्वचिन्तित, अतर्कित, जिसका पहले ख़्याल न आया हो

unforgettable अन्फ़र्-गॆट-बल *a* अविस्मरणीय

unfortunate अन्-फ़ॉचुनट *a* 1 अभागा, बदकिस्मत, भाग्यहीन, 2 अमंगल, अशुभ, मनहूस [~ event]; 3 खेदजनक [~ error, remark]; ~ly *adv* दुर्भाग्यवश, बदकिस्मती से

unfounded अन्-फ़ाउन्डिड *a* निराधार, बेबुनियाद [~ supposition]; झूठा, ग़लत [~ rumour]

unfrequented अन्फ़्रि-क्वॆन्टिड *a* जहां कोई आता-जाता न हो, निर्जन, सुनसान

unfriendly अन्-फ़्रॆन्ड्लि *a* 1 अमित्रोचित, अमैत्रीपूर्ण, शत्रु-जैसा, शत्रुवत्, शत्रुता का [~ action], 2 रूखा; रुखाई का

unfurl अन्-फ़र्ल *vt* & *i* 1 (झंडा) फहराना या फहरना; 2 (पाल) खोलना या खुलना

unfurnished अन्-फ़र्निश्ट *a* बिना फ़र्नीचर का, ख़ाली

ungainly अन्-गेन्लि *a* (of person, animal) भोंडा, भद्दा, बेडौल, बदसूरत; (of movement) भद्दा

ungentlemanly अन्-जॆन्टल्मन्लि *a* अभद्र, अभद्रता का

unget-at-able अन्-गॆट्-ऐॅट-बल *a* (*colloq*) जहां पहुंचा न जा सके, जहां किसी की पहुंच न हो, अगम्य

unglazed अन्-ग्लेज़्ड *a* 1 न चमकाया हुआ, बिना चमक का [~ paper], 2 जिसमें शीशे न लगे हों [~ window]

ungodly अन्-गॉड्लि *a* 1 पापी, पतित, दुष्ट, 2 (*colloq*) घोर अन्याय का, मर्यादा के प्रतिकूल, अत्याचारपूर्ण, ज़ुल्म का, 3 = unearthly, 2

ungraceful अन्-ग्रेस्-फ़ल *a* 1 भद्दा, 2 अशिष्ट, अभद्र

ungracious अन्-ग्रेशस *a* अशिष्ट, अभद्र; अभद्रता का

ungrateful अन्-ग्रेट्फ़ल *a* अकृतज्ञ, कृतघ्न, नाशुकरा, नमकहराम; कृतघ्नता का

ungrounded अन्-ग्राउन्डिड *a* = unfounded

ungrudging अन्-ग्रजिङ्ग *a* 1 उदार, खुले दिल का; मुक्तहस्त, 2 खुले दिल से किया हुआ [~

support]; ~ praise मुक्तकण्ठ से की गई प्रशंसा; ~**ly** *adv* खुले दिल से, मुक्तकण्ठ से

unguarded अन्-गार्डिड *a* 1 असावधान, बेध्यान, बेख़बर, ग़ाफ़िल, 2 असावधानी का [in an ~ moment]

unguent अङ्ग्वे॑न्ट *n* 1 मरहम, लेप, अभ्यंजन; 2 चिकनाई

unguiculate अङ्ग्-ग्विक्युलट *a* 1 नखयुक्त, नखरित, 2 नखाकार

ungula अङ्ग्यूल: *n* (*pl* ~e) खुर, सुम, शफ, पंजा

ungulate अङ्ग्युलट *a* खुरदार, शफयुक्त

unhallowed अन्-हैलोड *a* 1 जो धार्मिक संस्कार द्वारा पवित्र न किया गया हो, अपवित्र, अशुद्ध, 2 पतित; दुष्ट; पापात्मक [~ joy]

unhampered अन्-हैम्पर्ड *a* बे-रोकटोक, अबाधित, स्वच्छन्द, स्वतन्त्र

unhappily अन्-हैपिलि *adv* 1 दुर्भाग्यवश, 2 दु:ख में, कष्ट में, मुसीबत में [to live unhappily]; दु:खपूर्वक, कष्टपूर्वक; **unhappiness** *n* दु:ख, शोक, खेद

unhappy अन्-हैपि *a* 1 दु:खी, शोकमग्न, खिन्न, 2 अभागा, बदकिस्मत, 3 अशुभ, अमंगल, मनहूस [in an ~ hour], 4 खेदजनक, अनुचित [an ~ expression]

unharmed अन्-हार्म्ड *a* सही-सलामत, सकुशल

unhealthy अन्-हे॑ल्थि *a* 1 अस्वस्थ, 2 बीमार-जैसा [~ complexion], 3 स्वास्थ्य बिगाड़ने वाला, अस्वास्थ्यकर [~ place, climate], 4 दूषित, ख़राब, बुरा, आचार-विचार बिगाड़ने वाला [~ atmosphere, influence]

unheard अन्-हर्ड *a* अश्रुत, अनसुना; ~-**of** *a* अश्रुतपूर्व, अभूतपूर्व, असाधारण; (of person) अज्ञात

unheeded अन्-हीडिड *a* (of warning) उपेक्षित; **unheedful**, **unheeding** *aa* कान न धरने वाला, परवाह न करने वाला, बेपरवाह

unhelpful अन्-हे॑ल्पफ़ल *a* 1 जिससे कोई सहायता न मिले, काम न आने वाला, 2 बेकार, व्यर्थ

unhewn अन्-ह्यून *a* अनगढ़ [~ stone, timber, etc]

unhinge अन्-हिंज *vt* 1 (किवाड़ को) कब्ज़ों से उतार लेना, 2 *fig* अशान्त या उद्विग्न कर देना, मानसिक संतुलन नष्ट कर देना; ~**d** *a* बेचैन, परेशान, अस्तव्यस्त, विक्षिप्त, किंकर्तव्यविमूढ़

unholy अन्-होलि *a* 1 अपवित्र, 2 शरारत-भरा, ~ alliance बेईमान लोगों या दलों का गँठजोड़, अशुभ गँठबंधन

unhouse अन्-हाउस *vt* घर या आश्रयस्थान से निकाल देना, बेघर कर देना

unhurt अन्-हर्ट *a* जिसे चोट या घाव न लगा हो, अक्षत, सकुशल; to escape ~ बिल्कुल या साफ़ बच जाना

unhusk अन्-हस्क *vt* छिलका या भूसी निकाल देना

uni- युनि *comb.* form of one एक

uniat(e) यूनिअट *a* & *n* पोप की सर्वोच्चता स्वीकार करने वाला पूर्वयूरोपीय ईसाई, पोपनिष्ठ

uniaxial यूनि-ऐक्सिअल *a* एक अक्ष वाला, एकाक्षीय

unicameral यूनि-कैमरल *a* एकसदनी [~ legislature]

UNICEF यूनिसे॑फ़ (see *abbrs*)

unicellular यूनि-से॑ल्युलर *a* एक-कोशीय

unicorn यूनिकॉर्न *n* एक सींग वाला घोड़े-जैसा कल्पित जन्तु; एकशृंगी

unification यूनि-फ़ि-केशन *n* 1 एकीकरण, 2 समरूपकरण, समरूपप्रदान

unified यूनिफ़ाइड *a* 1 एकीकृत, एक ही [~ command]; 2 एक-समान [~ pattern]

unifoliate यूनिफ़ोलिअट *a* (*bot*) एक पत्ते वाला, एकपर्णी

uniform¹ यूनिफ़ॉर्म *a* 1 परिवर्तनरहित, एक-सा, एक-जैसा, एक-रूप, एक-समान [He treated me with ~ kindness]; 2 न घटने-बढ़ने वाला, एक-सम, एक-समान [~ temperature, velocity], 3 (of tax, law, etc) (सर्वत्र) एक-सा, एक-समान, समान; (of style) एकरूप, 4 (of surface) हमवार, एक-सार

uniform² *n* & *vt* वर्दी, *vt* 1 वर्दी पहनाना, वर्दी देना, 2 एक-सा या एक-समान या समरूप बनाना; ~**ed** *a* वर्दी पहने हुए, बावर्दी [a ~ed officer]

uniformity यूनि-फ़ॉर्मिटि *n* 1 एकरूपता, एक-समानता, समानता, 2 एकविधता, समांगता

unify यूनिफ़ाइ *n* 1 (मिला कर) एक करना, एकता स्थापित करना, 2 एक-जैसा या एकरूप बनाना; एकविध या समांग बनाना

unilateral यूनि-लैट्रल *a* 1 एक ही पक्ष द्वारा किया गया, एकपक्षीय, एकतरफ़ा [~ disarmament, declaration], 2 (of leaves) जो सारे के सारे डंडी की एक तरफ़ उगे हों, एकपार्श्वी

unimaginable अन्-मैजिन-बल *a* अचिन्त्य, अकल्पनीय, कल्पनातीत; **unimaginative** अन्इमैजि-न-टिव *a* 1 जो कल्पना न कर सके, कल्पनाशक्ति रहित, 2 अदूरदर्शी, अदूरदर्शिता का

unimolecular यूनि-म-ले॑क्युलर *a* (*chem*) जिस में एक ही अणु हो, एकाण्विक

unimpaired अन्इम्-पे॑अर्ड *a* ज्यों का त्यों, अक्षुण्ण

unimpeachable अन्इम्-पीच-बल *a* 1 जिस पर आपत्ति या सन्देह न किया जा सके, आपत्तिरहित, सन्देहरहित, निर्दोष, अनिन्दनीय, 2 जिस पर दोषारोपण न किया जा सके

unimportant अन्इम्-पॉ॑टॅन्ट *a* ग़ैर-ज़रूरी,

महत्त्वरहित, तुच्छ, मामूली

unimpressive अनइम्-प्रे`सिव *a* 1 प्रभावित न करने वाला, नीरस, फीका, कायल न करने वाला [~ discourse], 2 साधारण, मामूली [~ record]

uninformed अइन्-फ़ॉर्म्ड *a* 1 न जानने वाला; अनजान, जानकारी न रखने वाला, बेख़बर, 2 जो जानकारी पर आधारित न हो, अज्ञान पर आधारित, बिना समझे-बूझे किया हुआ [~ criticism]

uninhabited अन्इन्-हैबिटिड *a* जहां कोई न रहता हो, ख़ाली, शून्य, निर्जन, सुनसान, वीरान

uninitiated अन्-इनिशिएटिड *a* जिसे दीक्षा न मिली हो, अदीक्षित

unintelligent अन्इन्-टे`लिजन्ट *a* 1 समझ-बूझ रहित, बेसमझ, मूर्ख, बुद्धू, 2 बेसमझी का; **unintelligible** अन्इन्-टे`लिजिबल *a* समझ में न आने वाला, अबोधगम्य, दुरूह

unintentional अन्इन्-टे`न्शनल *a* बिना इरादे के (किया हुआ), अनभिप्रेत

uninterested अन्-इन्टरिस्टिड *a* 1 रुचि न लेने वाला; 2 जिसका कोई लगाव न हो, तटस्थ, उदासीन; **uninteresting** अन-इन्टरिस्टिङ्ग *a* अरुचिकर, फीका, नीरस

uninterrupted अन्इन्ट-रप्टिड *a* 1 निर्विघ्न, निर्बाध, 2 अविच्छिन्न, अनवच्छिन्न, अविरत, अनवरत, निरन्तर; ~**ly** *adv* लगातार, निरन्तर

uninvited अन्इन्-वाइटिड *a* 1 बिन बुलाया, अनामंत्रित [~ guest], 2 जिसके लिये प्रार्थना न की गई हो, अप्रार्थित, बिन-मांगा

uninviting अन्इन्-वाइटिङ्ग *a* 1 जिसे देख कर रुचि न पैदा हो, अरुचिकर [uninviting food], 2 (of appearance) अनाकर्षक, असुन्दर, भद्दा, भोंडा

union यूनिअन *n* 1 संयोजन [The ~ of the parts was perfect], 2 मेल, मिलन, सम्मिलन, संयोग, एकता, 3 विवाह, 4 परस्पर सद्भाव, मेल-मिलाप [They lived together in perfect ~], 5 अवयवों या घटकों का संहित रूप, संघात, संघ [Union of States], व्यक्तियों का संगठित समाज, संघ, **labour** ~, **trade** ~ मज़दूर-संघ, श्रमिक संघ, **student** ~ विद्यार्थी संघ या सभा या परिषद्, 6 (अवयवों को) जोड़ने वाला पुर्ज़ा, जोड़, योजक, (नलियों या नालियों का) जोड़, टाँका; 7 **the U~ Jack**, **the U~ flag** ब्रिटिश झंडा

unionism यूनिअ-निज़म *n* संघ बनाने की भावना, संघपद्धति, संघवाद; **unionist** यूनिअ-निस्ट *n* संघवादी

uniparous यू-निप-रस *a* (*zool*) एक समय में एक अंडा या बच्चा देने वाली, एकप्रसू

uniplanar यूनि-प्लेनर *a* जिसका एक ही तल हो, जिसमें केवल लंबाई और चौड़ाई हो, एकतलीय

unique यू-नीक *a* 1 जिसके साथ की दूसरी चीज़ न हो, एकमात्र [This vase is, so far as is known, ~]; 2 अद्वितीय, अनुपम, बे-जोड़ [His position is ~], 3 (*colloq*) विलक्षण, अद्भुत, अनोखा [the most ~ man I ever met]

unisex यूनिसे`क्स *n* & *a* स्त्रियों और पुरुषों की एक-जैसी पोशाक पहनने की प्रवृत्ति; *a* (of clothes) स्त्री और पुरुष दोनों के पहनने का, दोनों के लिए एक-सा

unisexual यूनि-से`क्शुअल *a* (*bot*) जिसमें केवल पुंकेसर अथवा स्त्रीकेसर हों, एकलिंगी

unison यूनिसन *n* 1 स्वरमेल, स्वरसाम्य, स्वरैक्य; in ~ एक स्वर से, एक ही सुर में, सुर मिला कर, 2 मेल-मिलाप, मेल-जोल, सामंजस्य, सहमति [to act **in** ~ (**with** s.o.)]

unit यूनिट *n* 1 एक (की संख्या), इकाई, 2 किसी संख्या में दाईं ओर का पहला अंक, इकाई [unit's place]; 3 एक व्यक्ति या वस्तु, 4 अविभाज्य माना जाने वाला समुदाय, एकक [The family is a ~ of society], 5 *mil* टुकड़ी, यूनिट, 6 एकांश, एकक, यूनिट [~ of electricity, length, etc], 7 **unit trust** लोगों से रुपया एकत्र करके शेयरों आदि में लगाने वाली कंपनी, एकक-न्यास

unitarian यूनि-टे`अ-रिअन *n* 1 एकीकरणवादी, एकतावादी, (राजनीति में) केन्द्रीकरणवादी, 2 एकात्मक

unitary यूनि-टरि *a* 1 एकक या एककों से संबंधित, ऐकिक, एकात्मक, 2 (of govt.) जिसमें कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका—तीनों के अधिकार एक ही निकाय में निहित हों, एकात्मक

unite यू-नाइट *vt* & *i* 1 जोड़ना, मिलाना, 2 मिला कर एक करना, एकता स्थापित करना, 3 विवाह संपन्न करना, 4 *vi* मिलना, जुड़ना, मिल कर एक होना, एका करना, संघटित होना, परस्पर सहयोग करना

united यू-नाइटिड *a* 1 युक्त, संयुक्त; मिलाकर एक किया हुआ, मिला-जुला, संगठित [~ efforts, power, etc]; 2 **the United Kingdom (U.K.)** ब्रिटेन; **the United States (U.S.A.)** संयुक्त राज्य अमरीका; **the United Nations** संयुक्त राष्ट्र, राष्ट्रसंघ

unity यूनिटि *n* 1 एकता, एकत्व, एका [national ~], 2 मेल-मिलाप [to dwell together in ~], 3 एकात्मक पदार्थ, इकाई, एकक [a person is to be regarded as a ~], 4 *math* एक (की संख्या), इकाई, 5 वस्तु के भागों का परस्पर सामंजस्य, (वस्तु की) एकरसता, एकरूपता, समांगता [The picture lacks ~], 6 **the dramatic unities: the unities of time, place and action** नाटक की त्रिविध एकता; काल, देश और कथानक की एकता (अर्थात नाटक के समस्त कार्य का एक स्थल में और एक दिन में या उतने समय में पूरा होना जितना कि मूल घटनाओं में लगा या तथा एक

ही कथानक का पोषक होना)

universal^1 यूनि-वर्सल *a* 1 विश्वव्यापी, विश्वव्यापक, 2 सब लोगों का, सार्वलौकिक, सार्वजनीन, विश्वजनीन [He is a ~ favourite]; 3 सार्वत्रिक, सार्वभौमिक, सार्वदेशिक, 4 सर्वत्र लागू होने वाला, सार्वत्रिक, सार्विक [a ~ rule], सबसे संबंधित, 5 सर्वविदित, 6 ~ language सब देशों के लिए समान कृत्रिम भाषा, सार्वदेशिक भाषा; ~ military training सभी युवकों के लिए सैनिक प्रशिक्षण; सार्विक सैनिक प्रशिक्षण; ~ **proposition** (*log*) तर्कवाक्य जिसमें विधेय का संबंध संपूर्ण उद्देश्य से हो, पूर्णव्यापी तर्कवाक्य; सर्वव्यापी प्रतिज्ञप्ति; ~ **suffrage** वयस्क मताधिकार

universal^2 *n* 1 = universal proposition (see prec. 6), 2 *mech* तीन धुरों को जोड़ने वाला पुर्ज़ा, सर्वतोमुखी जोड़, यूनिवर्सल (also ~ **coupling**, ~ **joint**)

universalism यूनिवर्स-लिज़म *n* 1 सर्वव्यापकता, सार्वभौमिकता, विश्वजनीनता, 2 सर्वहितवाद, 3 कई ईसाइयों का यह सिद्धान्त कि अन्ततो गत्वा सभी मनुष्यों को मुक्ति मिल जायेगी, सर्वमुक्तिवाद; **universalist** *n* सर्वमुक्तिवादी

universality यूनिवर्-सैलिटि *n* 1 सब से संबंध रखने का गुण, सार्विकता, 2 सर्वव्यापकता, सार्वभौमिकता, विश्वजनीनता

universalize यूनि-वर्सलाइज़ *vt* सर्वव्यापी बनाना या मानना, सार्वत्रिक बनाना या मानना, सर्वत्र लागू करना

universe यूनिवर्स *n* 1 विश्व, ब्रह्माण्ड, 2 सृष्टि, संपूर्ण जगत्, सारी दुनिया (के लोग), मनुष्यमात्र, प्राणीमात्र, 3 ~ (**of discourse**) (*log*) विचाराधीन सभी पदार्थ, समष्टि

university यूनि-वर्सिटि *n* विश्वविद्यालय

unjoint अन्-जॉइन्ट *vt* जोड़ अलग करना, *fig* फूट डालना

unjust अन्-जस्ट *a* 1 (of person) अन्यायी, बेइंसाफ़, 2 न्यायविरुद्ध, अन्याय्य, अन्यायपूर्ण, बेइंसाफ़ी का, 3 अनुचित [~ criticism]

unjustifiable अन्-जस्टिफ़ाइअ-बल *a* जिसे उचित न ठहराया जा सके, अनुचित

unkempt अन्-कॅम्प्ट *a* 1 (of hair) जिन पर कंघी न की गई हो, जिन्हें कंघी से सँवारा न गया हो, उलझे हुए, बिखरे हुए, 2 (of person) बिखरे हुए बालों वाला; मैला-कुचैला, 3 (of garden) जिसमें पेड़-पौधों की कटाई-छँटाई न हुई हो, गंदा

unkennel अन्-कॅनल *vt* (-ll-) 1 माँद से निकालना, 2 प्रकट करना, प्रकाश में लाना

unkind अन्-काइन्ड *a* 1 निर्दय, निष्ठुर, क्रूर, बेरहम; निर्दयता का, 2 बेलिहाज़, रूखा; **~ly** *a* & *adv* 1 = unkind; 2 (of weather) ख़राब, आंधी-पानी का; *adv* 1 निर्दयता से; 2 **to take sth ~ly** किसी बात को बुरा मानना; **~ness** *n* निर्दयता, रुखाई

unkingly अन्-किङ्ग्लि *a* राजाओं को शोभा न देने वाला, अराजोचित

unknit अन्-निट *vt* 1 (बुनाई) उधेड़ना, 2 अलग-अलग करना

unknowable अन-नोअ-बल *a* & *n* अज्ञेय; *n* अज्ञेय पदार्थ

unknowing अन्-नोइङ्ग *a* ज्ञानशून्य, अनभिज्ञ, अनजान, बेख़बर; **~ly** *adv* न जानते हुए, अनजाने में, अज्ञानत:

unknown अन्-नोन *a* & *n* 1 अज्ञात, 2 अपरिचित, **the U~ Soldier** (युद्ध में मरे अज्ञात सैनिकों का प्रतीकभूत) अज्ञातनामा सैनिक, अज्ञात सैनिक; *n* अज्ञात वस्तु या व्यक्ति

unlace अन्-लेस *vt* फ़ीता या तसमा खोलना

unlade अन्-लेड *vt* (गाडी या जहाज़ से) माल उतारना; **~n** *a* जिस पर से माल या भार उतार लिया गया हो; बिना माल का

unlash अन्-लैश *vt* (बँधे हुए को) खोलना

unlawful अन्-लॉफ़ल *a* कानून के विरुद्ध, ग़ैर-कानूनी, अवैध [~ strike etc]

unlearn अन्लर्न *vt* (सीखा हुआ) भूल जाना, भुला देना [to ~ a habit]

unlearned^1 अन्-लर्निड *a* अनपढ़, अशिक्षित, अविद्वान्, अपडित [~ person]

unlearned^2 अन्-लर्न्ड, **unlearnt** (अन्-लर्न्ट) *aa* अनपढ़ा, अपठित [~ lesson]

unleash अन्-लीश *vt* 1 (का पट्टा) खोलना, खुला छोड़ देना [to ~ a dog], 2 (काम करने के लिए) स्वतन्त्र करना, मुक्त करना; (हमला करने के लिए) छोड़ देना

unleavened अन्-लॅवन्ड *a* बिना ख़मीर का, बेख़मीर [~ bread, cake, etc]

unless अन्-लॅस *conj* यदि नहीं, जब तक कि नहीं [I shall not go ~ you tell me to]; सिवाय जबकि· · · [I always walked ~ I had a bicycle]

unlettered अन्-लॅटर्ड *a* अनपढ़, निरक्षर, अशिक्षित

unlicensed अन्-लाइसॅन्स्ट *a* 1 बिना लाइसेंस का, ग़ैर-लाइसेंस शुदा, 2 अनियन्त्रित, बेकाबू, स्वच्छन्द

unlike अन्-लाइक *a* 1 असदृश, असमान, भिन्न, 2 स्वभाव या प्रकृति के प्रतिकूल; that's ~ him वह ऐसा नहीं करता

unlikely अन्-लाइक्लि *a* 1 असंभाव्य [~ tale], 2 जिससे (किसी बात की) आशा या संभावना न हो [the most ~ man to do such a thing], 3 जिसकी सफलता की संभावना न हो [~ errand]

unlimber अन्-लिम्बर *vt* (तोप को) गोलाबारी के लिए तैयार करना

unlimited अन्-लिमिटिड *a* 1 असीम, अपरिमित,

2 असंख्य, 3 बहुत अधिक, बेहद

unload अन्-लोड *vt* 1 (गाड़ी या जहाज़ से) माल उतारना, 2 (बन्दूक, तोप आदि से) कारतूस या बारूद निकाल लेना, ख़ाली करना, 3 *fig* पीछा छुड़ाना

unlock अन्-लॉक *vt* 1 ताला खोलना, 2 (रहस्य आदि) खोलना, प्रकट करना

unlucky अन्-लकि *a* 1 अभागा, बदकिस्मत; 2 अशुभ, मनहूस [~ day]; 3 अमंगलसूचक [~ star]

unmake अन्-मेक *vt* 1 किये को मिटाना, रद्द करना, 2 बरबाद करना, सर्वनाश करना, 3 अपदस्थ करना

unman अन्-मैन *vt* 1 हिम्मत तोड़ना, निरुत्साह करना, 2 नपुंसक बनाना, 3 (जहाज आदि को) कर्मीदल-रहित करना

unmanageable अन्-मैनि-ज-बल *a* 1 (of person) जिससे काम लेना कठिन हो, टेढ़ा, (of child) उद्धत, 2 (of work etc) जो संभाला न जा सके, कठिन, बेढब

unmanly अन्-मैन्लि *a* 1 पुरुषों को न शोभा देने वाला, अपुरुषोचित, 2 दुर्बल, कायर, 3 स्त्रियोचित, स्त्रैण

unmanned अन्-मैन्ड *a* 1 जहां कोई कर्मी या कर्मचारी न हो, 2 मानवरहित [~ spacecraft]

unmannerly अन्-मैनर्लि *a* अशिष्ट, असभ्य, बदतमीज़, बेहूदा

unmarketable अन्-मार्कि-ट-बल *a* जो बिक न सके, अविक्रेय, अपण्य

unmask अन्मास्क *vt* 1 नकाब हटाना, पर्दा हटाना, 2 (किसी की) असलियत प्रकट करना, पोल खोलना, कलई खोलना, असली रूप दिखा देना, 3 (भेद) खोलना, (रहस्य आदि) प्रकट करना, बता देना [to ~ a conspiracy]

unmatched अन्-मैच्ट *a* बेजोड़, अद्वितीय, अनुपम

unmeasurable अन्-मे़श़-र-बल *a* अपरिमेय; अपरिमित

unmentionable अन्-मेन्श-न-बल *a* जिसकी चर्चा करना उचित न हो, अकथनीय, ख़राब, अश्लील

unmetalled अन्-मेटल्ड *a* (of road) जिस पर रोड़ी न बिछी हो, कच्चा

unmethodical अन्मि-थॉडिकल *a* 1 बेढंगा, 2 बेढंगा काम करने वाला

unmindful अन्-माइन्ड्फ़ल *a* परवाह न करने वाला, बेपरवाह [~ of consequences]

unmistakable अन्मिस्-टेक-बल *a* सुस्पष्ट, निर्भ्रान्त

unmitigated अन्-मिटिगेटिड *a* 1 जिसमें कोई कमी न आई हो, जो घटा न हो, वैसा-का-वैसा [~ trouble]; 2 पूरा, पक्का [~ scoundrel]

unmolested अन्म-लेस्टिड *a* जिससे किसी ने छेड़-छाड़ न की हो, छेड़-छाड़ से बचा हुआ

unmoor अन्-मुअर *vt* लंगर उठाना

unmoral अन्-मॉरल *a* जो सदाचार की दृष्टि से न अच्छा हो न बुरा, जिसका सदाचार से संबंध न हो, सदाचार-निरपेक्ष, निर्नैतिक

unmoved अन्-मूव्ड *a* 1 अविचल, अटल, डटा हुआ, 2 जिसका दिल न पसीजा हो, अद्रवित

unmusical अन्-म्यूज़िकल *a* 1 संगीत न समझने वाला, असंगीतज्ञ, 2 बेसुरा, कर्णकटु, कर्कश

unnamed अन्-नेम्ड *a* 1 अज्ञातनामा, अप्रसिद्ध, गुमनाम; 2 जिसका नाम न हो, नामरहित, अनामक, गुमनाम

unnatural अन्-नैचरल *a* 1 प्रकृति के विरुद्ध, स्वभाव के विरुद्ध, 2 अप्राकृतिक, अस्वाभाविक [~ death], 3 अमानुषिक, राक्षसी, निर्दय, नृशंस, क्रूर, 4 कृत्रिम, बनावटी [~ laugh]

unnecessarily अन्-नेसिसरिलि *adv* जैसा कि ज़रूरी न हो, ख़ामख़ाह, फ़जूल, व्यर्थ, नाहक

unnecessary अन्-नेसिसरि *a* 1 अनावश्यक, 2 आवश्यकता से अधिक

unnerve अन्-नर्व *vt* हिम्मत तोड़ना, हतोत्साह करना, घबरा देना, छक्के छुड़ा देना; to be ~d घबरा जाना, हाथ-पैर फूल जाना, छक्के छूट जाना

unnoticed अन्-नोटिस्ट *a* अनदेखा, अलक्षित

unnumbered अन्-नम्बर्ड *a* 1 जिस पर नंबर न लगा हो, बिना नंबर का, 2 असंख्य

unobstructed अन्अब्स्-ट्रक्टिड *a* निर्विघ्न, निर्बाध, बे-रोक

unobtrusive अन्अब्-ट्रूसिव *a* 1 हस्तक्षेप न करने वाला, टांग न अड़ाने वाला, विनीत, शर्मीला, 2 मौन, अप्रकट, अप्रत्यक्ष

unoccupied अन्-ऑक्युपाइड *a* ख़ाली [~ house, time]; (of person) निठल्ला, ख़ाली

unofficial अन-फ़िशल *a* 1 सरकार द्वारा अनधिकृत, सरकार से असंबंधित, ग़ैर-सरकारी, अशासकीय, 2 संस्था या संघ आदि द्वारा अनधिकृत, अनधिकारिक, अनधिकृत, 3 ~ strike हड़ताल जिसकी मंज़ूरी हड़ताली मज़दूरों के संघ ने न दी हो, अनौपचारिक हड़ताल

unopened अन्-ओपन्ड *a* बिना खोला हुआ, अनखुला, बंद

unopposed अन-पोज़्ड *n* निर्विरोध

unorthodox अन्-ऑर्थडॉक्स *a* (of person) परम्परा या रूढ़ियों की परवाह न करने वाला, रूढ़िविरोधी, नये विचार का

unostentatious अन्-ऑस्टेन्-टेशस *a* 1 दिखावा न करने वाला, सादा, 2 बिना दिखावे का, बिना ठाट-बाट का, आडम्बररहित, सादा

unowned अन्-ओन्ड *a* जिसका कोई मालिक न हो, लावारिस, अस्वामिक

unpack अन्-पैक *vt* 1 (गठरी, असबाब आदि) खोलना, 2 (गठरी आदि से वस्तु) निकालना

unpaid अन्-पेड *a* 1 जिसकी अदायगी या भुगतान न हुआ हो, अदत्त, 2 अवैतनिक [~ job, clerk, etc]

unpalatable अन्-पैल-ट-बल *a* 1 (of food) बुरे स्वाद का, बदमज़ा, जो खाया न जा सके, 2 (of remark, advice, etc) जो मन को अच्छा न लगे, अप्रिय

unparalleled अन्-पैर-लें ल्ड *a* 1 बेजोड़, अनुपम, लाजवाब, 2 जिसकी मिसाल न मिले, बेमिसाल, अपूर्व [an ~ disaster]

unpardonable अन्-पाडं-न-बल *a* अक्षम्य

unparliamentary अन्पार्ल-में न्टरि *a* 1 संसदीय शिष्टाचार या मर्यादा के विरुद्ध, अशोभनीय, अशिष्ट; ~ word, language अपशब्द; बकवास, बकवाद, 2 संसदीय प्रणाली के विरुद्ध, असंसदीय

unpeople अन्-पीपल *vt* (स्थान से) लोगों या आबादी को हटाना, उजाड़ना, ग़ैर-आबाद करना

unplanned अन्-प्लैन्ड *a* 1 बिना पूर्वविचार या योजना के, आकस्मिक, योजनारहित, अनायोजित; 2 बेढंगा, बेतरतीब, क्रमरहित

unpleasant अन्-प्लैज़न्ट *a* 1 अप्रिय, बुरा, 2 कटु, दुःखद, कष्टप्रद [~ experience]; 3 ~ smell बदबू, दुर्गन्ध; ~**ness** *n* नाराज़गी, रंजीदगी, रंजिश, मनोमालिन्य, अनबन, झगड़ा [There has been some ~ness]

unpolished अन्-पॉलिश्ट *a* 1 (of person) अशिष्ट, गँवार, 2 (of style) अपरिमार्जित, अपरिष्कृत

unpopular अन्-पॉप्युलर *a* 1 जिसे लोग न चाहते हों या अच्छा न समझते हों, लोगों की नज़रों से गिरा हुआ, अलोकप्रिय; 2 अप्रचलित

unpracticable अन्-प्रैक्टि-क-बल *a* जिसे काम में न लाया जा सके, अव्यवहार्य [~ plan]

unpractical अन्-प्रैक्टिकल *a* 1 जो व्यवहार या प्रयोग में न आ सके, अव्यावहारिक, 2 (of person) जो काम न जानता हो, अकार्यकुशल, अव्यवहारकुशल

unprecedented अन्-प्रे सिडें न्टिड *a* जैसा पहले न हुआ हो, अभूतपूर्व, अपूर्व, नया

unpredictable अन्प्रि-डिक्टबल *a* (of person) जिसके रवैये के बारे में पहले से कुछ न कहा जा सके, मनमौजी

unprejudiced अन्-प्रेंजुडिस्ट *a* पूर्वग्रहरहित, पक्षपातरहित

unpretentious अन्प्रि-टें न्शस *a* 1 डींग न मारने वाला, दिखावा न करने वाला, आडम्बररहित; 2 निरभिमान, विनीत

unprincipled अन्-प्रिन्सिपल्ड *a* 1 (of person) पतित, भ्रष्ट, दुष्ट, बेईमान, 2 सदाचार के नियमों के प्रतिकूल, मर्यादा के विरुद्ध, अनैतिक

unproductive अन्प्र-डक्टिव *a* 1 अनुत्पादक, 2 निष्फल, बेकार, व्यर्थ [~ work]

unprofessional अन्प्र-फ़ें शनल *a* 1 जिसका व्यवसाय-विशेष से संबंध न हो, अव्यावसायिक, 2 व्यवसाय-विशेष की मर्यादा के विरुद्ध, अनुचित

unprofitable अन्-प्रॉफ़ि-ट-बल *a* 1 अलाभकर, 2 फ़ज़ूल, बेकार, बेफ़ायदा [~ work]

unprompted अन्-प्रॉम्प्टिड *a* बिना किसी के कहे, बिना किसी की प्रेरणा के, अपने आप [to do sth ~]

unprovable अन्-प्रूव-बल *a* जो प्रमाणित या साबित न किया जा सके, अप्रमाण्य

unprovoked अन्प्र-वोक्ट *a* बिना छेड़े, ख़ामख़ाह, अकारण; ~ assault छेड़छाड़

unqualified अन्-क्वॉलिफ़ाइड *a* 1 बिना शर्त, जिसमें 'ननु नच' न हो, हृदय से [~ apology, assent]; 2 पूर्ण [~ success], 3 (of person) अयोग्य, अनर्ह

unquestionable अन्-क्वे स्च-न-बल *a* निर्विवाद, सन्देहरहित [~ fact]

unquestioning अन्-क्वे स्चनिङ्ग *a* 1 सन्देह या आपत्ति न करने वाला, 2 बिना सन्देह या आपत्ति किये, चुपचाप, मौन [~ obedience]; ~ faith अन्धविश्वास

unquote अन्-क्वोट *vt* उद्धरण-चिन्ह बन्द करना (. . . ."); उद्धृत अंश समाप्त करना

unravel अन्-रैवल *vt* & *i* 1 (उलझे हुए धागों को) सुलझाना, उधेड़ना; लिपटी हुई चीज़ को छुड़ाना, उकेलना, 2 (गूढ़ बात की) व्याख्या करना, स्पष्ट करना; **to ~ a mystery** रहस्य खोलना, 3 *vi* सुलझना

unreal अन्-रीअल *a* 1 अवास्तविक, 2 नकली, झूठा, 3 काल्पनिक, कल्पित, ख़याली

unreasonable अन्-रीज़न-बल *a* 1 (of person) बुद्धिहीन, बे-अक्ल, नासमझ; ज़िद्दी, अक्खड़, 2 जो तर्कसंगत न हो, अयुक्तियुक्त, अनुचित [~ attitude, behaviour], 3 बहुत अधिक, हद से ज़्यादा, अनुचित [~ demands]

unregenerate अन्रि-जें न-रट *a* 1 पश्चात्ताप या प्रायश्चित्त न करने वाला [~ sinner], 2 ज़िद्दी, ढीठ, पक्का [~ reactionary]

unrelenting अन्रि-लें न्टिङ्ग *a* 1 न पसीजने वाला, निर्दय, 2 दृढ़, पक्का, अटल, अडिग, 3 ढीला न पड़ने वाला, सतत, अविराम, निरन्तर [~ persecution, pressure]

unremitting अन्रि-मिटिङ्ग *a* कम या समाप्त न होने वाला, निरन्तर, लगातार [~ efforts]

unrepentant अन्रि-पें न्टन्ट *a* पश्चात्ताप न करने वाला, ढीठ, बेशरम

unreserved अन्रि-ज़र्व्ड *a* 1 पूरा-पूरा [~ approval, confidence], 2 स्पष्टवादी, खुल कर बात करने वाला; संकोचरहित [~ behaviour, nature], 3 ~ seats अनारक्षित जगहें

unrest अन्-रें स्ट *n* 1 अशान्ति, गड़बड़, उपद्रव, हलचल [labour ~], 2 बेचैनी, घबराहट, चिन्ता

unrestrained अन्रिस्-ट्रेन्ड *a* असंयत, अनियंत्रित,

अनर्गल; बेलगाम

unrestricted अन्रिस्-ट्रिक्टिड *a* बन्धनरहित, बे-रोकटोक, शर्तरहित [~ choice]

unripe अन्-राइप *a* 1 कच्चा, अपक्व, 2 अपरिपक्व [~ scheme]

unrivalled अन्-राइवल्ड *a* 1 जिसका कोई प्रतिद्वन्द्वी न हो, 2 बेजोड़, अद्वितीय, अनुपम, लाजवाब

unruffled अन्-रफ़ल्ड *a* अनुद्विग्न, अक्षुब्ध, शान्त

unruly अन्-रूलि *a* 1 (of person) उद्धत, उद्दण्ड, उपद्रवी, उच्छृङ्खल, 2 बेकाबू, अदम्य, अनियन्त्रित, असंयत [~ passion]

unsafe अन्-सेफ़ *a* 1 (of action, undertaking, etc] ख़तरनाक, जोखिम का, संकटपूर्ण, 2 (of bridge, building, etc) जिसके टूटने या गिरने का डर हो; 3 जिसमें किसी प्रकार का भय या ख़तरा हो, असुरक्षित [~ road]

unsatisfactory अन्सैटिस्-फ़ैक्ट्रि *a* 1 असन्तोषजनक, असन्तोषप्रद, 2 अपर्याप्त

unsavoury अन्-सेवरि *a* 1 जिसका स्वाद या गन्ध ख़राब हो, फीका, बेस्वाद, बेमज़ा, बदज़ायका [~ meal]; बदबूदार; 2 घृणित, घृणाजनक, अरुचिकर, अप्रिय

unsay अन्-से *vt* (कहे हुए शब्द) वापस लेना

unscathed अन्-स्केद्ड *a* अक्षत, सही-सलामत, सकुशल

unscientific अन्-साइअन्-टिफ़िक *a* अवैज्ञानिक

unscripted अन्-स्क्रिप्टिड *a* (of speech, broadcast) अलिखित

unscrupulous अन्-स्क्रूप्युलस *a* बेईमान, बेउसूल, बेशरम, बेहया, ढीठ, चरित्रहीन

unseasonable अन्-सीज़-न-बल *a* 1 (of action) असामयिक, बेमौका, 2 (of fruit) बे-मौसम

unseasoned अन्-सीज़न्ड *a* 1 (of wood) कच्चा, 2 (of food) बिना मसाले का, फीका; 3 (of troops) अनुभवहीन

unseat अन्-सीट *vt* (संसद् आदि की) सदस्यता से हटाना; पदच्युत करना

unseemly अन्-सीम्लि *a* अशोभनीय, अनुचित

unserviceable अन्-सर्वि-स-बल *a* जो काम न आ सके, बेकार, नाकारा, अनुपयोगी

unsettle अन्-सॅटल *vt* 1 (योजना आदि) अव्यवस्थित करना, उलट-पुलट करना, गड़बड़ करना, बिगाड़ना, 2 (विश्वास आदि को) कमज़ोर करना, हिला देना, (के बारे में) सन्देह पैदा करना, 3 अस्थिरचित्त या डाँवाँडोल करना, अशान्त करना, चिन्ताकुल करना, घबरा देना; **~d** *a* 1 अनिश्चित, अनिर्णीत, 2 जिसकी अदायगी या भुगतान न हुआ हो, अदत्त, 3 ग़ैर-आबाद

unshaken अन्-शेकन *a* अटल, स्थिर, पक्का, दृढ़ [~ faith]

unsheltered अन्-शॅल्टर्ड *a* बिना सिर छिपाने की जगह के, बिना रक्षास्थान के, निराश्रय, अरक्षित

unshrinkable अन्-श्रिङ्क-बल *a* न सिकुड़ने वाला, असंकुच्य

unsightly अन्-साइट्लि *a* 1 कुरूप, भद्दा, भौंडा, 2 जिसे देखना असह्य हो [~ wound], घिनौना, घृणित

unskilful अन्-स्किल्फ़ल *a* अकुशल, अदक्ष

unskilled अन्-स्किल्ड *a* 1 काम न सीखा हुआ, अप्रशिक्षित, बेहुनर, ~ **labourer** (साधारण) मज़दूर, अकुशल श्रमिक, 2 जिसमें विशेष योग्यता की ज़रूरत न हो, साधारण; ~ **labour** अकुशल काम या मज़दूरी; ~ occupations बेहुनर पेशे, साधारण मज़दूरी

unslaked अन्-स्लेक्ट *a* ~ lime अनबुझा चूना

unsociable अन्-सोश-बल *a* लोगों से मेल-जोल न रखने वाला, ग़ैर-मिलनसार, शुष्क, रूखा

unsocial अन्-सोशल *a* 1 समुदाय या समाज में न रहने वाला, असामाजिक, 2 = unsociable; 3 समाजशत्रु, समाजद्रोही (= antisocial)

unsolicited अन्स-लिसिटिड *a* बिन-मांगा, अयाचित, अप्रार्थित

unsophisticated अन्स-फ़िस्टिकेटिड *a* 1 भोला-भाला, सीधा-सादा, छलरहित, सरलस्वभाव, 2 शुद्ध, असली, अकृत्रिम, 3 (of machinery) जो पेचीदा न हो, सरल, साधारण

unsound अन्-साउन्ड *a* 1 अस्वस्थ, रोगी; **of ~ mind** जिसका दिमाग़ ठीक न हो, पागल, विक्षिप्त, 2 (of person) अविश्वसनीय, बेईमान, दुष्ट; 3 जिसकी (आर्थिक) हालत ठीक न हो, डाँवाँडोल [an ~ firm], 4 निराधार, ग़लत, अमान्य, भ्रमपूर्ण [~ argument, theory], तर्कविरुद्ध [~ opinions], अयुक्तियुक्त; 5 गला-सड़ा, बिगड़ा हुआ, ख़राब [~ wood]; 6 ~ sleep कच्ची नींद; **~ness** *n* ख़राबी, **~ness of mind** दिमाग़ की ख़राबी, पागलपन, उन्माद, विक्षिप्तता

unsparing अन्-स्पॅअरिङ्ग *a* 1 खुले दिल का, उदार, ~ **of** praise etc मुक्तकण्ठ से प्रशंसा करने वाला, ~ **in** one's efforts अनथक कोशिश करने वाला, 2 कठोर, निष्ठुर, लिहाज़ न करने वाला [~ of others]

unspeakable अन्-स्पीक-बल *a* 1 अकथनीय, अवचनीय, बहुत ही बुरा, 2 अवर्णनीय, वर्णनातीत

unspecified अन्-स्पॅसिफ़ाइड *a* अनिर्दिष्ट

unsportsmanlike अन्-स्पॉर्ट्स्मन्लाइक, **unsporting** अन्-स्पॉर्टिङ्ग *aa* (खिलाड़ी के लिए) अशोभनीय, अनुचित, अनुदार, अनुदारता का

unstable अन्-स्टेबल *a* 1 (of thing, position) अस्थिर, हिलता-डोलता, डाँवाँडोल, डगमग, 2 (of person) अस्थिरचित्त, चंचल(-स्वभाव), 3 (*chem*) परिवर्तनशील [~ compound]

unstained अन्-स्टेन्ड *a* निष्कलंक, बेदाग़

unstamped अन्-स्टैम्प्ट *a* 1 बेमोहर, अमुद्रांकित; 2 बेटिकट

unstarred अन्-स्टार्ड *a* जिस पर तारक-चिन्ह न लगा हो, अतारांकित, ~ **question** (*Parl*) अतारांकित प्रश्न (जो संसद् में खड़े हो कर नहीं पूछा जा सकता और जिसका लिखित उत्तर ही दिया जाता है)

unsteady अन्-स्टे`डि *a* 1 (of thing) अस्थिर, हिलता-डोलता, 2 (of footstep) लड़खड़ाता या डगमगाता हुआ, 3 (of person) अस्थिरचित्त, डाँवाँडोल, 4 घटने-बढ़ने वाला, कभी कम कभी ज़्यादा, अनियमित [~ development, progress]; परिवर्तनशील

unstinted अन्-स्टिन्टिड *a* 1 प्रचुर, बहुत [~ supplies], 2 ~ praise मुक्तकण्ठ (से की गई) प्रशंसा

unstressed अन्-स्ट्रे`स्ट *a* (of syllable) बलाघातरहित

unstring अन्-स्ट्रिङ्ग *vt* (unstrung) 1 डोरी खोलना [to ~ a bow]; 2 सूत्र या धागा निकालना [to ~ the pearls], 3 to ~ the nerves दुर्बल बनाना, घबरा देना; **unstrung** अन्-स्ट्रङ्ग *a* हिम्मत हारा हुआ, घबराया हुआ, बौखलाया हुआ

unstudied अन्-स्टडिड *a* जो बनावटी न हो, नैसर्गिक, स्वाभाविक, सहज [~ charm, style]

unsubstantial अन्सब्-स्टैन्शल *a* 1 जिसमें कोई सार या तत्त्व न हो, सारहीन, असार, तत्त्वरहित, 2 अवास्तविक, झूठा, काल्पनिक, 3 जो ठोस न हो, हल्का, अल्प, थोड़ा, अपर्याप्त

unsubstantiated अन्सब्-स्टैन्शिएटिड *a* अप्रमाणित, असंपुष्ट

unsuccessful अन्सक्-से`स्फ़ल *a* 1 निष्फल, बेकार, व्यर्थ [~ attempt], 2 (परीक्षा में) असफल, अनुत्तीर्ण, फ़ेल; (चुनाव में) असफल

unsuitable अन्-सूट-बल *a* (of person) अयोग्य, (of thing) अनुपयुक्त, (of remark) अनुचित

unsullied अन्-सलिड *a* निष्कलङ्क, बेदाग़

unsuspected अन्सस्-पे`क्टिड *a* जिसका ख़्याल या ध्यान न आया हो, अतर्कित

unswerving अन्-स्वर्विङ्ग *a* विचलित न होने वाला, अविचल, अडिग, अटल [~ devotion, loyalty]

unsymmetrical अन्सि-मे`ट्रिकल *a* असममित, असम्मित

unsystematic अन्सिस्ट-मैटिक *a* बिना क्रम या व्यवस्था के, अव्यवस्थित, क्रमरहित, बे-तरतीब, गड़बड़, बेढंगा

untainted अन्-टेन्टिड *a* 1 निष्कलङ्क, बेदाग़, 2 अदूषित, स्वच्छ, पवित्र, शुद्ध [~ food etc]

untanned अन्-टैन्ड *a* (of leather) बे-सिझाया हुआ, कच्चा

untaught अन्-टॉट *a* 1 (of person) अशिक्षित, अनपढ़, 2 (of skill) स्वाभाविक, सहज

untenable अन्-टे`न-बल *a* (of argument, theory, etc) अमान्य, असमर्थनीय, बोदा, लचर

unthinkable अन्-थिङ्क-बल *a* 1 अचिन्त्य, अचिन्तनीय, अकल्पनीय, जिसका किसी को ख़्याल तक न आ सके, 2 असंभव

unthinking अन्-थिङ्किङ्ग *a* 1 विचारशक्तिरहित, विचारशून्य, बुद्धिहीन, सोच-समझ न रखने वाला, 2 विचार न करने वाला, बेपरवाह

unthoughtful अन्-थॉट्फ़ल *a* बेपरवाह, लापरवाह

untidy अन्-टाइडि *a* 1 (of person) मैला-कुचैला, ढंग से काम न करने वाला, बेढंगा, फूहड़, 2 (of room) जिसमें चीज़ें इधर-उधर बिखरी पड़ी हों, अस्तव्यस्त

untie अन्-टाइ *vt* 1 (*part*. untying) (बँधे हुए को) खोलना, (गांठ, बंडल, रस्सी आदि) खोलना, 2 बन्धनमुक्त करना, खुला छोड़ देना

until अन्-टिल *prep* & *conj* तक [Wait, Don't go, until 6 p.m.]; (*conj*, usu. with *neg*) जब तक, जब तक कि · · · न [I won't go until you tell me to]

untimely अन्-टाइम्लि *a* & *adv* अकाल, असामयिक [~ end, rain, etc]; बेमौका [~ action,remark]; at an ~ hour कुवेला में; *adv* असमय, बेमौके; समय से पहले

untiring अन्-टाइअ-रिङ्ग *a* अथक [~ person, efforts]

unto अन्टु *prep* (*arch*) 1 को, प्रति [Do unto others as you would like to be done by], 2 तक [faithful ~ death]

untold अन्-टोल्ड *a* 1 अकथित, अवर्णित, अज्ञात, गुप्त [~ story]; 2 अनगिनत, असंख्य, बेशुमार, अपरिमित [~ wealth]; बेहद [~ suffering]

untouchability अन्-टच-बिलिटि *n* अस्पृश्यता, छुआछूत; **untouchable** अन्-टच-बल *a* अछूत, अस्पृश्य

untouched अन्-टच्ट *a* 1 अस्पृष्ट, अछूता [~ food], 2 (of subject) जिस पर किसी ने विचार न किया हो, अछूता, 3 (of person) सही-सलामत, अक्षत, (of thing) ज्यों का त्यों, अक्षुण्ण, 4 (of person) अप्रभावित, तटस्थ, उदासीन

untoward अन्-टोअर्ड *a* 1 (of person) बात न मानने वाला, ढीठ, 2 (of event) अशुभ, अमंगल, अप्रिय, दु:खद, बुरा; (of circumstances) कठिन, प्रतिकूल, 3 अशोभनीय, अनुचित [~ social behaviour]

untrained अन्-ट्रेन्ड *a* अप्रशिक्षित

untrammelled अन्-ट्रैमल्ड *a* बंधनरहित, बेरोक, अबाधित, स्वतन्त्र, आज़ाद

untrue अन्-ट्रू *a* 1 असत्य, झूठा, मिथ्या, अवास्तविक, 2 अस्वामिभक्त, विश्वासघाती, नमकहराम; **untruth** अन्-ट्रूथ *n* 1 असत्य, झूठ [to tell an untruth], 2 असत्यता, मिथ्यात्व

untutored अन्-ट्यूटर्ड *a* 1 जिसे पट्टी न पढ़ाई गई हो, भोला-भाला [~ witness]; 2 अशिक्षित

unused अन्-यूज़्ड *a* 1 जिससे काम न लिया गया हो, अप्रयुक्त, ख़ाली पड़ा हुआ [~ building]; नया, कोरा, 2 (अन्-यूस्ट) जिसे आदत न पड़ी हो, जिसे (किसी बात का) अभ्यास न हो, अनभ्यस्त

unusual अन्-यूश़्ज़ुअल *a* 1 जैसा प्राय: न होता हो, असाधारण, अप्रायिक, 2 विरला, 3 असाधारण, विलक्षण, बहुत अच्छा, 4 ~ weather अजीब मौसम

unutterable अन्-अट-र-बल *a* 1 अकथनीय, अवचनीय, अनिर्वचनीय, वर्णनातीत [~ joy, torment], 2 (*colloq*) नितान्त, पक्का, सरासर [~ fool]

unvarnished अन्-वार्निश्ट *a* 1 वेरोग़न [~ pottery], 2 (of statement) बिना अतिरंजना के, यथातथ, सही-सही, सीधा-सादा

unveil अन्-वेल *vt* 1 to ~ a statue etc मूर्ति का अनावरण करना, 2 *fig* प्रकट करना, सर्वविदित करना, प्रकाशित करना

unvoiced अन्-वॉइस्ट 1 *phonet* अघोष; 2 अव्यक्त, अकथित [~ grievances]

unwanted अन्-वॉन्टिड *a* अनचाहा, अवांछित; रद्दी, बेकार; अनावश्यक

unwarrantable अन्-वॉरन्ट-बल *a* 1 अनुचित, बेजा, अक्षम्य [~ action], 2 जिसका समर्थन न किया जा सके, असमर्थनीय, अमान्य [~ assertion]

unwarranted अन्-वॉरन्टिड *a* 1 जिस बात का अधिकार न दिया गया हो, अनधिकृत, अवैध [~ action], 2 अवांछित, अनुचित, अकारण, बेमौका [~ remark]

unwary अन्-वेॅअरि *a* 1 असावधान, ग़ाफ़िल, 2 बेख़बर, अनजान

unwavering अन्-वेवरिङ्ग *a* 1 (of person) बेझिझक, स्थिर, दृढ़, दृढ़निश्चय, 2 अटल, अडिग, पक्का [~ resolve, policy, fortitude, etc]

unwelcome अन्-वेॅल्कम *a* 1 अशुभ, मनहूस [~ news], 2 अनचाहा, अवांछित, अवांछनीय [~ guest], नापसन्द

unwell अन्-वेॅल *a* अस्वस्थ, बीमार

unwholesome अन्-होल्सम 1 अस्वास्थ्यकर, ~ food अपथ्य, कुपथ्य, 2 (of air) दूषित, 3 मन पर बुरा प्रभाव डालने वाला, ख़तरनाक [~ doctrine]

unwieldy अन्-वील्डि *a* 1 भारी-भरकम; जिसे उठाना या संभालना कठिन हो, दुर्वह; [~ weapon, pack, etc], 2 (of person) स्थूलकाय, (अत: भद्दी चाल वाला); भद्दा, भोंडा

unwilling अन्-विलिङ्ग *a* अनिच्छुक, बेदिल; ~**ly** *adv* अनिच्छा से, बेदिली से

unwise अन्वाइज़ *a* 1 मूर्ख, नासमझ, अविवेकी, 2 (of action) मूर्खता या नासमझी का, मूर्खतापूर्ण

unwitting अन्-विटिङ्ग *a* 1 असावधान, बेख़बर, 2 (of action) बिना इरादे के किया हुआ, बेइरादा, अनभिप्रेत, ~**ly** *adv* बिना इरादे के, अनजाने में

unwonted अन्-वोन्टिड *a* 1 जैसा प्राय: नहीं होता, असाधारण, अप्रायिक, 2 विरला

unworkable अन्-वर्क-बल *a* 1 जिसे कार्यरूप में परिणत न किया जा सके, अव्यवहार्य [~ plan], 2 (of material) जिसे गलाया या ढाला न जा सके

unworldly अन्-वर्ल्डलि *a* 1 संसार से विरक्त, भगवद्भजन में लगा हुआ, अध्यात्मवादी, 2 साधुस्वभाव, सीधा-सादा, 3 अलौकिक, स्वर्गीय [~ beauty]

unworthy अन्-वर्दि *a* 1 अयोग्य, अनर्ह, अपात्र [~ of sth], 2 अशोभनीय, अनुचित [conduct ~ of a minister], 3 घटिया, पतित, घृणित, निन्दनीय

unwritten अन्-रिटन *a* 1 अलिखित [~ constitution], 2 (of law) जो संसद् द्वारा पास न किया गया हो, अत: जो विधिसंग्रह में न हो; जो न्यायालयों के निर्णयों या परम्परा पर आधारित हो, परम्परागत

unyielding अन्-यील्डिङ्ग *a* 1 दबाव में न आने वाला, न दबने वाला, अपनी बात पर अड़ा रहने वाला, हठी, अटल, 2 (of attitude) दृढ़, कड़ा, सख़्त, अटल

up^{1} अप *adv* 1 ऊंचे स्थान में, ऊपर [My room is four floors up], 2 उठा या जागा हुआ [I was up early this morning; he was up late last night]; ~ **with you** उठ खड़े होओ, 3 he is ~ **and about** वह (बीमारी के बाद) स्वस्थ हो गया है और चलने-फिरने लगा है; he is **up and doing** वह जागा हुआ है और काम में लगा हुआ है, 4 उदित [the moon, the sun, is up], 5 अधिक मूल्य का, महंगा [Sugar is up]; 6 **Road** ~! सड़क मरम्मत के लिए बन्द है!; 7 **to be well** ~ **in a subject** विषय को अच्छी तरह जानना, विषय में बहुत योग्य या लायक होना, 8 **what's** ~? क्या हो रहा है? क्या मामला है? **Something is** ~ कोई (ख़ास या अजीब) बात है, 9 **Time is** ~ समय समाप्त हो गया है; **it's all** ~ **with him!** उसका सर्वनाश, उसकी हार होने को है! 10 **to be** ~ **against** का सामना होना [to be up against a strong adversary; to be up against a problem, difficulty, etc]; (*colloq*) to be up against it बड़ी कठिनाई या मुसीबत में होना, 11 **to be** ~ **in arms** *or* **in revolt** विद्रोह करना, 12 ~ **and down** (=to and fro) आगे-पीछे [They were marching up and down], 13 ~ **to** (समय या स्थान) तक [I went up to the door; up to the present]

up^{2} *prep*, *a* & *n* 1 ऊपर, ऊपर की ओर [to go up the stairs]; 2 ऊंचाई की ओर, to go ~

the river नदी के स्रोत की ओर जाना; further ~ the street इस गली में और आगे; 3 ~ **and down** आगे-पीछे [I was walking ~ and down the street]; *a* ऊंचा, ऊपर की ओर जाने वाला, ~ motion ऊर्ध्वगति, ~ **train** मुख्य जंक्शन की ओर जाने वाली गाड़ी, अप-गाड़ी, ~-**and-coming** (*colloq*) अपने काम या व्यवसाय में अच्छी प्रगति करता हुआ, होशियार, होनहार; *n* 1 उन्नति, **on the** ~-**and**-~ (*colloq*) निरन्तर उन्नति करता हुआ, 2 चढ़ाव, ~**s and downs** धरती के उतार-चढ़ाव, ऊंची-नीची धरती; ~**s and downs of life** जीवन के उतार-चढ़ाव, 3 *comb*: **upstream** *adv* & *a* नदी के स्रोत की ओर (स्थित) ~-**to-date** *a* बिल्कुल आधुनिक, आजकल का, आज तक का

up^3 *vi* (-pp-) (*colloq*) 1 उठना, उठ खड़ा होना [He ~s and says . . .]; 2 to up with उठाना [he upped with his stick]

upas यूपस *n* 1 ~ **(-tree)** *bot* (जावा का) विष-वृक्ष, 2 (*fig*) हानिकर चीज़ या बात, हानिकर प्रथा, 3 यूपस वृक्ष का विषैला रस, विष

upbeat अप्बीट *a* सुखमय, आनन्दमय [television dramas with ~ endings]; आशावादी, प्रसन्न-चित्त [He is ~]

upbraid अप्-ब्रेड *vt* झिड़कना, फटकारना, निन्दा करना, उलाहना देना, to ~ s.o. **with**, **for**, sth किसी को किसी बात (या दोष) के लिए फटकारना या झिड़कना

upbringing अप्ब्रिङ्गिङ्ग *n* लालन-पालन; शिक्षा-दीक्षा, पढ़ाई-लिखाई

upcountry अप्-कन्ट्रि *n* & *a* & *adv* देश का भीतरी भाग; *a* देश के भीतरी भाग का, तट से अन्दर की ओर का [~ town]; *adv* देश के भीतर की ओर (The explorers trekked ~]

update अप्-डेट *vt* & *n* आज तक के तथ्यों का समावेश करना, आधुनिक बनाना [an updated dictionary]; *n* वर्तमान स्थिति की जानकारी [an ~ on the flood situation etc]

up-end अप्-एँन्ड *vt* & *i* (वस्तु को उसके) एक सिरे पर खड़ा करना [to up-end a barrel]; *vi* उठ खड़ा होना

upgrade अप्-ग्रेड *vt* & *n* 1 पद या दर्जा या महत्त्व बढ़ाना, पदोन्नति करना, 2 पहले से बढ़िया बनाना, 3 मूल्य बढ़ाना; (*n*) **on the** ~ प्रगति या उन्नति करता हुआ

upgrowth अप्-ग्रोथ *n* वृद्धि, विकास

upheaval अप्-हीवल *n* 1 *geol* धरती के एक भाग का ऊपर उठना, धरती का उभार, उठान [a volcanic ~], 2 (सामाजिक या राजनीतिक) उथल-पुथल, क्रान्ति, विप्लव, ज़बरदस्त हलचल [political, social, ~]

uphill अप्हिल *n*, *a* & *adv* 1 चढ़ाई; *a* चढ़ाई पर जाने वाला [~ road]; *fig* कठिन, दुष्कर [~ work, struggle]; *adv* (अप्-हिल) चढ़ाई पर, ऊपर की ओर [to go ~]

uphold अप्-होल्ड *vt* (upheld) 1 (खड़ा रखने के लिए) सहारा देना, 2 समर्थन या हिमायत करना [to ~ s.o. (in an action)], 3 उचित या ठीक ठहराना, अनुमोदन करना, समर्थन करना, पुष्टि करना [to ~ a decision, verdict], 4 बनाये रखना, कायम रखना [to ~ a practice]

upholster अप्-होल्स्टर *vt* 1 (कमरे आदि को) पर्दों, कालीनों, फ़र्नीचर आदि से सुसज्जित करना, 2 to ~ a chair, sofa, etc कुर्सी या सोफ़े में स्प्रिंग, गद्दियां आदि लगाना; इन पर कपड़ा या ग़िलाफ़ चढ़ाना; ~**er** *n* सोफ़ासाज़, सोफ़ाफ़रोश, पोशिशसाज़

upholstery अप्-होल्स्टरि *n* 1 कमरे का साज-सामान (सोफ़े, गद्दे, कालीन, पर्दे आदि), 2 ऐसे सामान की दुकान; 3 सोफ़े-आदि बेचने का व्यवसाय

upkeep अप्कीप *n* 1 (व्यक्ति, संस्था, यन्त्र आदि को) ठीक हालत में बनाये रखना, भरण-पोषण, देखभाल, संभाल, (व्यक्ति का) निर्वाह, (संस्था का) संचालन, (यन्त्र की) मरम्मत, रख-रखाव, 2 देख-भाल या मरम्मत आदि का ख़र्च

upland अप्लैन्ड *n* & *a* 1 पहाड़ी प्रदेश, पठार, 2 देश का भीतरी भाग; *a* 3 पठारी, देश के भीतरी भाग का

uplift अप्-लिफ़्ट *vt* & अप्लिफ़्ट *n* 1 ऊँचा करना, उठाना [to ~ one's voice in praise etc, to ~ one's eyebrows], 2 (सामाजिक) दर्जा बढ़ाना, सुधार करना, उद्धार करना, *n* सुधार, उद्धार, उत्थान [social, moral, ~]

upmost अप्मोस्ट = uppermost

upon अ-पॉन *prep* usu = on; पर, ऊपर आदि; *N.B.* In most cases 'on' and 'upon' are interchangeable. 'Upon' is normally used in the following: once *upon* a time; *upon* my word; tier *upon* tier of seats; fell *upon* him unawares. 'On' is preferred in the following: *on* the whole; came at once *on* receiving your message; take it *on* trust; went *on* the spree

upper अपर *a* 1 ऊपर का, ऊपरी, उपरला [the ~ lip], 2 उच्चतर [the ~ atmosphere]; ~ **regions** आकाश, द्युलोक, स्वर्ग, 3 उच्चतर दर्जे का, प्रवर, वरिष्ठ; the ~ class उच्च वर्ग, **the U~ House** (of Parliament) राज्यसभा; (in a State) विधानपरिषद्, (elsewhere) उच्च सदन; ~ storey (i) ऊपरी मंज़िल या तल्ला, (ii) दिमाग़; 4 **to get, gain, have, the** ~ **hand** हावी होना, काबू पाना, विजय पाना, प्रबलतर होना

uppermost अपर्मोस्ट *a* & *adv* 1 सबसे ऊंचा, सर्वोच्च, उच्चतम, 2 सब से अधिक महत्त्वपूर्ण, सर्व-

प्रथम, प्रधान, मुख्य, *adv* सब से ऊपर, सब से बढ़ कर, what is ~ in my thoughts is . . . मुझे जिस बात का सब से अधिक ख़्याल आ रहा है, वह है . . .

uppish अपिश *a* धौंस जमाने वाला, अपने आपको बहुत समझने वाला, अपना अधिकार जताने वाला, धौंसिया, अभिमानी

upright अप्राइट *a & n* 1 (सीधा) खड़ा [to set sth ~; an ~ post], लम्ब; 2 (of book, picture, etc) जिसकी ऊंचाई चौड़ाई से अधिक हो, 3 (of person) ईमानदार, सच्चा, खरा, साधु-स्वभाव; (of conduct) ईमानदारी का, निष्कपटता या सरलता का; *n* खड़ा खंभा या डंडा

uprising अप्-राइज़िङ्ग *n* विद्रोह, बग़ावत, बलवा

uproar अप्रॉर *n* भयंकर कोलाहल, शोर-शराबा, शोर-गुल, हो-हल्ला, हुल्लड़; **हुल्लड़बाज़ी**

uproarious अप्-रॉरिअस *a* कोलाहलपूर्ण [an ~ meeting]; ~ laughter ठहाका, अट्टहास

uproot अप्-रूट *vt* 1 जड़ से उखाड़ना, 2 *fig* उन्मूलन करना, समाप्त करना, 3 बे-घरबार करना, विस्थापित करना [The partition of the country ~ed lakhs of people]

upset^1 अप्-सॅ॑ट *vt & i* (upset) 1 उलटाना, उलटना [the cart (was) ~], 2 गिराना, गिरना, 3 गड़बड़ कर देना, गड़बड़ा देना, अस्तव्यस्त कर देना [to ~ s.o.'s plans], अव्यवस्थित कर देना, 4 अशान्त या उद्विग्न करना, घबरा देना [The news quite ~ him], 5 (पेट, पाचनशक्ति) ख़राब करना, बिगाड़ना

upset^2 अप्सॅ॑ट *n & a* 1 उलट जाना, 2 गड़बड़, गड़बड़ी, अस्तव्यस्तता, 3 (मानसिक) अशान्ति, उद्विग्नता, 4 अस्वस्थता, तबीअत की ख़राबी, 5 (खेल या चुनाव में व्यक्ति या दल की) अप्रत्याशित हार, अप्रत्याशित परिणाम; (*adj*) ~ **price** (नीलाम में) निम्नतम स्वीकार्य बोली, सरकारी बोली (= reserve price)

upshot अप्शॉ॑ट *n* 1 (मामले का) परिणाम, नतीजा, अन्त, 2 (तर्क या वादविवाद का) सार, सारांश

upside-down अप्साइड्-डाउन *adv & a* 1 उल्टा, औंधा, 2 उलटा-पुलटा, गड़बड़, अस्तव्यस्त [to turn everything ~]; *a* उल्टा, अजीब, अनोखा [~ ideas]

upsides अप्-साइड्ज़ *adv* (*colloq*) to get ~ with s.o. किसी से बदला लेना

upstage अप्-स्टेज *adv, a & vt* रंगमंच के पश्चभाग की ओर, पश्चभाग में (स्थित); नेपथ्य की ओर, नेपथ्य के निकट (स्थित); *fig* (*adv*) अभिमानपूर्वक; *a* अभिमानी, अकड़बाज़; *vt* दूसरे अभिनेता-की अपेक्षा नेपथ्य के अधिक निकट जाना जिससे कि अपना मुख और दूसरे की पीठ प्रेक्षकों की ओर हो और अपना पार्ट दूसरे से अधिक महत्त्वपूर्ण लगे; *fig* लोगों का ध्यान दूसरे से हटा कर अपनी ओर आकर्षित करना, किसी की अपेक्षा अधिक महत्त्व या ख़्याति पाना, किसी से बाज़ी ले जाना [to ~ s.o.], to be ~d by s.o. किसी की अपेक्षा कम महत्त्व पाना [Religious leaders were ~d by cinema stars]

upstair(s)^1 अप्स्टॅ॑अर्ज़ *a* (of room etc) ऊपर की मंज़िल का

upstairs^2 अप्-स्टॅ॑अर्ज़ *adv & n* 1 ऊपर की मंज़िल में या पर या की ओर, ऊपर [to go ~]; 2 to kick s.o. ~ (किसी से छुटकारा पाने के लिए उसे) कम ज़िम्मेवारी का किन्तु उच्चतर पद देना, पदोन्नति करना; *n* ऊपर की मंज़िल

upstanding अप्-स्टॅन्डिङ्ग *a* 1 सीधा खड़ा, 2 सुस्थापित, 3 ईमानदार, सच्चा

upstart अप्स्टार्ट *n & a* हीन अवस्था से एकाएक उन्नति करने वाला (आदमी), नया रईस, कल का नवाब; *a* अकड़बाज़, अभिमानी

upstream अप्स्ट्रीम *adv & a* 1 प्रवाह या धारा के प्रतिकूल (जाने वाला), प्रतिस्रोत; 2 नदी के चढ़ाव की ओर (स्थित); *adv* उज्जल, उजान

upsurge अप्सर्ज *n* 1 ज़ोरदार लहर, प्रबल तरंग, national ~ राष्ट्रीयता की लहर, 2 एकाएक वृद्धि, उद्रेक

uptake अप्टेक *n* 1 ऊपर उठाना, उद्ग्रहण, 2 ग्रहण(-शक्ति) *n* समझ, बुद्धि, to be slow, quick, in (*or* on) the ~ मन्दबुद्धि अथवा कुशाग्रबुद्धि होना

upthrow अप्थ्रो *n* (*geol*) परत का ऊपर को उठना, उत्क्षेप, उठान, उभार

upthrust अप्थ्रस्ट *n* 1 (जलमग्न वस्तु का जल के द्वारा) ऊपर की ओर धकेला जाना, उत्क्षेप, 2 *geol* उत्क्षेप, उठान, उभार

uptown अप्टाउन *n* नगर का ऊंचाई पर बसा भाग, वह भाग जहां रिहाइशी मकान या कोठियां होती हैं (cf. downtown); रिहाइशी भाग

upturn *vt* अप्-टर्न & *n* अप्टर्न 1 ऊपर की ओर मोड़ना, ऊर्ध्वमुख करना, 2 ऊपर-नीचे करना, उलटना-पलटना [to ~ the soil]; *n* 1 उन्नति, सुधार, वृद्धि [an ~ in business etc], 2 उथल-पुथल, विप्लव

upward अप्वर्ड *a & adv* 1 ऊपर की ओर जाने वाला, ऊर्ध्वगामी, ऊर्ध्वमुख [~ movement]; 2 बढ़ता हुआ, वर्धमान [~ tendency of prices]; *adv* (often also **upwards**) 1 ऊपर की ओर [Look upwards], 2 चढ़ाई की ओर [From Rajpur, the road runs upwards], 3 **upward(s) of** से अधिक [He interviewed upward(s) of 50 persons]

uraemia युअ-रीमिअ *n* रक्त में मूत्र के अंश की विद्यमानता, मूत्ररक्तदोष

uranium युअ-रेनिअम *n* विकिरणशील धातु-

विशेष जिससे अणुशक्ति पैदा की जा सकती है, यूरेनियम

uranography युअर-नॉग्रफ़ि *n* खगोलशास्त्र का वह भाग जिसमें नक्षत्रों, तारों आदि का वर्णन होता है, वर्णनात्मक खगोल

uranometry युअर-नॉमिट्रि *n* 1 तारों के बीच की दूरियों का मापना, खगोलमिति, 2 तारों का मानचित्र

Uranus युअ-रेनस *n* (*astron*) ग्रह-विशेष, यूरेनस

urban अर्बन *a* नगर में रहने वाला, नगर का, नगरीय, शहरी [~ population, areas]

urbane अर्-बेन *a* शिष्ट, सुशील, सौम्य, सुरुचिसम्पन्न [~ manners]

urbanism अर्बनिज़म *n* बड़े शहरों के लोगों का व्यवहार या रंग-ढंग, नगरीयता

urbanite अर्बनाइट *n* शहर का रहने वाला, शहरी, नगरवासी नागरिक

urbanity अर्-बैनिटि *n* 1 (f. urbane) शिष्टता, सौम्यता; 2 (f. urban) शहर की ज़िन्दगी; नागरिक जीवन

urbanize, -ise अर्बनाइज़ *vt* (इलाके को) शहर-जैसा बनाना, शहरी बनाना; **~d** *a* नगरीकृत

urceolate अर्सिअलट *a* (*bot*) कुंभाकार

urchin अर्चिन *n* नटखट बालक, लड़का, छोकरा

urea युअ-रिअ *n* 1 *chem* मूत्र में पाया जाने वाला पदार्थ-विशेष, यूरिया; 2 इसका खाद के तौर पर प्रयुक्त रूप, यूरिया

ureter युअ-रीटर *n* गुर्दे से मूत्राशय तक की नली, मूत्रवाहिनी, गवीनी

urethra युअ-रीथ्रः *n* मूत्राशय से मूत्र के बाहर जाने का मार्ग, मूत्रमार्ग; **urethritis** *n* मूत्रमार्गशोथ

uretic युअ-रेटिक *a* मूत्र का, मूत्रसंबंधी, मूत्रीय

urge^{1} अर्ज *vt* 1 प्रोत्साहित करना, बढ़ावा देना, उत्तेजित करना, प्रेरित करना [to ~ s.o. **to do** sth], 2 तेज़ चलने को प्रेरित करना [He ~d me on]; ज़ोर से आगे बढ़ाना, तेज़ी से हाँकना [to ~ a horse forward], 3 अनुरोध या प्रार्थना या आग्रह करना [~d the Govt. to take steps; ~d that something should be done], 4 की सिफ़ारिश करना [to ~ a course of action **on** *or* **upon** s.o.]; 5 बाध्य या मजबूर करना [~d by necessity]; 6 (दलील के तौर पर किसी बात पर) ज़ोर देना, The shopkeeper ~d the difficulty of getting goods दुकानदार ने इस बात पर बल दिया कि माल बड़ी मुश्किल से मिलता है

urge^{2} *n* 1 प्रेरणा, प्रोत्साहन, 2 अंतःप्रेरणा, प्रबल प्रवृत्ति, आवेग [to feel an ~ to do sth], 3 उमंग, तरंग, ललक, उत्कण्ठा [the ~ to write]

urgency अर्जन्सि *n* (see foll.) अवश्यकरणीयता, अविलंबकरणीयता, अत्यावश्यकता

urgent अर्जन्ट *a* 1 अविलंब ध्यान देने योग्य, तुरन्त करने का, अत्यावश्यक, महत्त्वपूर्ण [~ matter], 2 बहुत आग्रह करने वाला, बार-बार कहने वाला, तकाज़ा करने वाला [~ pleader], 3 आग्रहपूर्ण, साग्रह [~ request, appeal, etc]

uric युअ-रिक *a* मूत्र का, मूत्रीय; ~ acid मूत्राम्ल

urinal युअरि-नल *n* 1 पेशाबघर, पेशाबख़ाना, मूत्रालय, 2 मूत्रपात्र, पेशाबदान [bed ~]

urinary युअरि-नरि *a* मूत्र का, मूत्रीय, मूत्र-संबंधी [~ diseases]; ~ bladder मूत्राशय

urinate युअरि-नेट *vi* पेशाब करना, मूतना, लघुशंका करना; **urination** *n* पेशाब करना, मूत्रत्याग, मूत्रोत्सर्ग

urine युअ-रिन *n* पेशाब, मूत्र; **urinous** *a* मूत्र का, मूत्र-जैसा, जिसमें मूत्रगन्ध हो, मूत्रगन्धयुक्त

urn अर्न *n* 1 (दाहसंस्कार के बाद) मृतक की अस्थियां या भस्म रखने का पात्र, भस्मपात्र, अस्थिपात्र; भस्मकलश, अस्थिकलश; 2 *poet* कब्र, समाधि, 3 (सजावटी) कलश या फूलदान [Ode to the Grecian ~], 4 चायदान, काफ़ीदान

Ursa अर्स: *n*. ~ **Major** सप्तर्षि; ~ **Minor** लघु सप्तर्षि

ursine अर्साइन *a* रीछ का, रीछ-संबंधी, ऋक्षीय; रीछ-जैसा, ऋक्षवत्

urticaria अर्टि-केअ-रिअ *n* त्वचा पर चकत्ते पड़ जाने का रोग, पित्ती (=nettle-rash)

urticate अर्टिकेट *vi* (बिच्छू-बूटी की तरह) जलन पैदा करना

us अस *pron* (see we)

usable यूज़-बल *a* काम आने लायक, व्यवहार-योग्य

usage यूज़िज *n* 1 व्यवहार [He met with harsh ~], 2 प्रयोग, इस्तेमाल [damaged by rough ~], 3 (भाषा के लिखने या बोलने का) ढंग, तरीका, प्रयोग [modern English ~], 4 परंपरा, प्रथा, रीति, रिवाज, पद्धति, लोकाचार

usance यूज़न्स *n* (विदेशी हुंडियों के भुगतान की परंपरानुसार) अवधि, मियाद, मुद्दत, ~ bill मुद्दती हुंडी

use^{1} यूस *n* 1 प्रयोग, उपयोग, इस्तेमाल, ~ **of force** बल-प्रयोग; **to make** ~ **of** sth, **to put** sth **to** ~ किसी चीज़ का प्रयोग करना, चीज़ से काम लेना, चीज़ को बरतना; fit for ~ काम के लायक, काम का; **of no** ~ बेकार; **in** ~ जो इस्तेमाल हो रहा हो, (of word etc) प्रचलित; **out of** ~ जो इस्तेमाल न हो रहा हो, बेकार पड़ा हुआ; (of word etc) अप्रचलित; 2 प्रयोग या उपभोग का अधिकार, बरतने का अधिकार [to have the ~ of sth]; से काम लेने की शक्ति [He has lost the ~ of the right arm], 3 उपयोग, उपयोगिता, लाभ, फ़ायदा, प्रयोजन [It is no ~ discussing the question], **to have no ~ for** से काम न ले सकना, को उपयोगी न समझना; (*fig*) सहन न करना, से घृणा करना [I have no ~ for unwilling workers], 4 परम्परा, प्रथा, रीति [according to use and wont]; 5 अभ्यास; आदत

use^2 यूज़ *vt* & *i* **1** का प्रयोग या उपयोग या इस्तेमाल करना [Translators are advised to ~ a dictionary], से काम लेना, बरतना; **to ~ force** बलप्रयोग करना, जबरदस्ती करना; **to ~ one's influence** अपने प्रभाव से काम लेना; to ~ every means हर साधन बरतना, to **~ s.o.'s name** किसी का नाम लेना (अर्थात् उसके कथन को नामसहित उद्धृत करना); **2** व्यवहार या बर्ताव करना; **to ~ s.o. ill, well** किसी से अच्छा, बुरा, बर्ताव करना; **3 to ~ up** (बरत कर) ख़तम कर देना; (अधिक काम से) थका देना, **4** (*vi* as *aux* in past) आदत होना, अभ्यास होना; **I ~d to** go daily मैं प्रतिदिन जाया करता था, I ~d to be the manager (एक समय) मैं प्रबन्धक था; in *neg* [We **~d not** (or *colloq* **didn't ~**) to smoke before our elders]

used यूज़्ड *a* **1** जिसे पहले किसी ने बरता हो, पुराना [a ~ book, car]; **2** (यूस्ट) **~d to** अभ्यस्त, आदी [I am ~ to hard work, but not to this sort of work; I have become ~ to getting up early]

useful यूस्फ़ल *a* **1** उपयोगी, काम का, लाभदायक, ~ hints काम की बातें, **2 to make oneself ~** काम करना, सेवा करना

useless यूस्लिस *a* **1** बेकार, निकम्मा, **2** व्यर्थ, निष्प्रयोजन, निरर्थक, बेफ़ायदा [Protest is ~]

user^1 यूज़र *n* **1** इस्तेमाल करने वाला, प्रयोक्ता, उपभोक्ता, **2** अफ़ीम आदि नशीली चीज़ खाने का आदी, मादक द्रव्य का व्यसनी

user^2 *n* (*law*) (अधिकार आदि का) निरन्तर उपभोग; **right of ~** (i) उपभोगाधिकार, (ii) चिरभोगजन्य अधिकार

usher अशर *n* & *vt* (कचहरी आदि का) द्वारपाल; वह व्यक्ति जो सिनेमा-थियेटर आदि में दर्शकों को भीतर ले जाकर उनका स्थान बताता है, प्रवेशक; *vt* **1** भीतर ले जाना, प्रवेश कराना, स्थान पर पहुंचाना, **2** *fig* के आने की सूचना देना, का अग्रदूत होना, का सूत्रपात करना, प्रारंभ करना [to ~ in a new epoch]; **usherette** अश-रे̆ट *n* (esp. in cinema) प्रवेश कराने वाली लड़की, प्रवेशिका

usual यूश़ुअल *a* **1** जो प्राय: किया या देखा आदि जाता है [It is ~ to tip the waiter]; प्राय: होने वाला, प्रायिक; **2** सामान्य, साधारण, घिसा-पिटा [asked the ~ question], **3** पहले-जैसा, सदा-जैसा, प्रत्याशित [with his ~ courtesy, skill, etc]; **~ly** *adv* प्राय:, साधारणत:, सामान्यत:, आम तौर पर, अक्सर

usucaption यूज़्यु-कैप्शन, **usucapion** यूज़्यु-केपिअन *nn* (*law*) (जायदाद का) चिरभोगजनित अधिकार

usufruct यूज़्युफ़्रक्ट *n* & *vt*; (दूसरे की संपत्ति के) भोग का अधिकार, भोग, उपभोग, *vt* उपभोग करना; **~uary** यूज़्युफ़्रक्चुअरि *a* & *n* उपभोग का, उपभोग-संबंधी (*n*) (पर-संपत्ति का) उपभोग-कर्ता, उपभोक्ता

usurer यूश़रर *n* बहुत सूद लेने वाला, सूदख़ोर, कुसीदी, कुसीदिक

usurious यू-ज़्युअ-रिअस *a* (f. usury) **1** (of person) बहुत सूद लेने वाला, कुसीदी, **2** बहुत सूद लेने का, कुसीदात्मक [~ interest]

usurp यू-ज़र्प *vt* & *i* **1** बिना अधिकार के कब्ज़ा कर लेना, अनधिकार-ग्रहण करना, छीन लेना [to ~ the throne, power, property, etc], हड़पना, हथियाना, **2** *vi* ~ (up)on = encroach (up)on; **~ation** यूज़र्-पेशन *n* अनधिकार-ग्रहण, बलपूर्वक ग्रहण, बलाद्ग्रहण, ज़बरदस्ती कब्ज़ा, अन्यायपूर्वक किया हुआ अधिकार, अपहरण; **~er** यू-ज़र्पर *n* छीन लेने वाला, अपहर्ता

usury यूश़रि *n* **1** भारी सूद पर रुपया देना, बहुत सूद लेना, सूदख़ोरी, कुसीद [to practise ~], **2** बेहद सूद, सूद की भारी रकम; (*fig*) to repay a service with ~ उपकार के बदले में बहुत अधिक उपकार करना

utensil यू-टे̆न्सिल *n* **1** बर्तन, भांड़ा [cooking, household, ~s], (धार्मिक अनुष्ठान में काम आने वाला) पात्र; **2** उपकरण, औज़ार; writing ~s लिखाई के उपकरण, लेखन-सामग्री *e.g.* paper, pens, ink, etc

uterine यूटरिन, यूटराइन *a* (f. uterus) **1** गर्भाशय का, गर्भाशय-संबंधी, **2** एक ही माता (परन्तु भिन्न पिता का, ~ brother विपितृज भाई, एकोदर भाई; ~ sister विपितृजा बहन, एकोदर बहन

uteritis यूटराइटिस *n* गर्भाशयशोथ

uterus यूटरस *n* गर्भाशय, बच्चेदानी, बच्चादानी

utilitarian यूटिलि-टे̆अ-रिअन *a* & *n* **1** उपयोगिता का, उपयोगिता-संबंधी, उपयोगिता से प्रेरित, **2** उपयोगिता (न कि सौन्दर्य आदि) पर आधारित, **3** *n* उपयोगितावादी (see foll)

utilitarianism यूटिलि-टे̆अ-रिअ-निज़म *n* यह सिद्धान्त कि किसी काम का औचित्य उसकी उपयोगिता पर आधारित है, अधिकाधिक लोगों को अधिकाधिक लाभ या सुख पहुंचाने का सिद्धान्त, **'बहुजनसुखाय'** का सिद्धान्त, उपयोगितावाद

utility यूटिलिटि *n* & *a* **1** उपयोगिता, उपयोग, लाभ, फ़ायदा, of great ~ बड़े काम का, बहुत उपयोगी, **2** उपयोगी वस्तु, काम की चीज़, **3 (public) ~** लोकोपयोगी सेवा (*e.g.* the supply of water and electricity, the telephone system, etc); 4 *econ* मनुष्य की किसी आवश्यकता को पूरा करने का गुण, तुष्टिगुण; *a* 1 काम चलाने के लिए (न कि सौन्दर्य आदि की दृष्टि से) ठीक [~ clothes, furniture], 2 अनेक तरह से काम में आने वाला, बहुप्रयोजनी [~ vehicle]

utilizable यूटिलाइज़-बल *a* जो काम या इस्तेमाल में आ सके, उपयोगी

utilization यूटिलाइ-ज़ेशन *n* उपयोग, उपभोग, इस्तेमाल

utilize यूटिलाइज *vt* 1 उपयोग करना, से काम लेना, को काम में लाना, बरतना, 2 से फ़ायदा उठाना

utmost अट्मोस्ट *a* & *n* 1 दूरतम, अन्तिम [the ~ ends of the earth], 2 अधिकाधिक, अधिकतम, चरम, परम [is of the ~ importance; with the ~ care] *n* 1 चरम सीमा, पराकाष्ठा; **to the ~** जहां तक हो सके या बन पड़े, 2 यथाशक्ति [I shall help you to the ~ of my ability]; **one's ~** जितना कि कोई कर सके, भरसक प्रयत्न [I did my ~ to help him]

Utopia यू-टोपिअ *n* 1 काल्पनिक प्रदेश ज़हां की सामाजिक एवं राजनीतिक व्यवस्था आदर्श हो, आदर्शलोक, 2 आदर्श सामाजिक एवं राजनीतिक व्यवस्था, आदर्श राज्य, रामराज्य

Utopian यू-टोपिअन *a* & *n* आदर्शवादी किंतु असंभव, अव्यावहारिक, काल्पनिक, *n* उत्साही किन्तु अव्यावहारिक सुधारक, रामराज्य का स्वप्न देखने वाला

utricle यूट्रिकल *n* 1 (प्राणी या पौधे की) छोटी सी थैली, कोप, पुट; 2 कान के भीतर की दो थैलियों या कर्णगुहाओं में से बड़ी

utter^{1} अटर *attrib a* 1 पूर्ण, पूरा, नितान्त [~ helplessness, misery], 2 निरा, सरासर, निपट बिल्कुल [an ~ fool]; an ~ denial साफ़ इन्कार; **~ly** *adv* पूर्णत:, सर्वथा, सरासर, बिल्कुल [utterly helpless]; **uttermost** *a* & *n* =utmost

utter^{2} *vt* 1 मुंह से (शब्द) निकालना, to ~ a cry, groan, etc चीख मारना, 2 बोलना, कहना [to ~ a lie, the truth], 3 व्यक्त करना, प्रकट करना, ज़बान पर लाना [to ~ one's thoughts, sentiments], 4 लिखित शब्दों में व्यक्त करना, लिखना, छापना, प्रकाशित करना [to ~ a libel], 5 (जाली नोट, खोटा सिक्का) चलाना

utterance^{1} अट्रन्स *n* 1 अभिव्यक्ति [to give ~ to one's feelings], 2 in *pl* कही हुई बातें, कथन [his public utterances], 3 उच्चारण [defective ~]; बोलने का ढंग, बोलने की शक्ति, वाक्शक्ति, वाणी [people were spellbound by his very ~], 4 *ling* एक विचार को पूर्णत: अभिव्यक्त करने वाला शब्दसमूह, कथन, उक्ति

utterance^{2} *n* (*liter*) चरम सीमा, अन्त, **to fight to the ~** अन्त तक (या मरते दम तक) लड़ते रहना

uvula यूव्युल: *n* (*pl* **~e**) गले में लटकता हुआ मांस का टुकड़ा, कौआ, अलिजिह्वा; **uvular** *a* अलिजिह्वा का, अलिजिह्व

uxorial अक्-सॉरिअल *a* 1 पत्नी का, पत्नी-संबंधी, 2 पत्नी को शोभा देने वाला, भार्योचित

uxoricide अक्-सॉरि-साइड *n* 1 पत्नीहत्या, 2 पत्नीघातक

uxorious अक्-सॉरिअस *a* 1 पत्नी पर मोहित, अतिभार्यानुरागी, पत्नीवशवर्ती, जोरू का गुलाम, स्त्रैण, 2 (of action etc) भार्यानुराग या पत्नीवशवर्तिता से प्रेरित; **~ness** *n* भार्यानुराग, पत्नीवशवर्तिता

Vv

V, v वी, अंग्रेज़ी वर्णमाला का बाईसवां वर्ण; रोमन अंक v=5; **V sign** (तर्जनी और मध्यमा को फैला कर बनाया हुआ) विजयचिन्ह; *abbrs*: **V.C.** (Vice-Chancellor) उपकुलपति; (Vice-Chairman) उपसभापति, उपाध्यक्ष; **V.C.R.** (video cassette recorder) टेलिविज़न-फ़िल्म की प्रतिलिपि बनाने और दिखाने का यन्त्र; **V.D.** (venereal disease) रतिज रोग; **V.I.P.** (very important person) बहुत बड़ा आदमी, अतिमाननीय व्यक्ति, अतिविशिष्ट व्यक्ति; **viz** (=videlicet) अर्थात्; **V.P.P.** (value payable parcel) मूल्यदेय पार्सल

vac वैक *n* (*colloq*) =vacation

vacancy वेकन्सि *n* 1 ख़ालीपन, रिक्तता, शून्यता, 2 रिक्ति, खाली पद या स्थान या जगह [There are many vacancies for typists], 3 निठल्लापन, 4 विचारशून्यता, मूर्खता; अन्यमनस्कता, अनवधानता

vacant वेकन्ट *a* 1 रिक्त, ख़ाली [~ chair, room, house, space, land], **~ space** रिक्त या ख़ाली या शून्य स्थान, 2 जिसमें काम न हो रहा हो, ख़ाली; **~ hours, time** खाली समय, अव-

काश, 3 जो काम न कर रहा हो, ख़ाली, बेकार, निठल्ला, अव्यापृत, 4 विचारशक्तिरहित, विचारशून्य [~ mind]; भावशून्य [~ expression, look]; 5 ~ possession ख़ाली मकान का कब्ज़ा

vacate व-केट, वेकेट *vt* 1 ख़ाली करना [to ~ the premises]; 2 छोड़ देना; to ~ office पदत्याग करना, 3 रद्द करना [to ~ a judgement, contract]

vacation व-केशन, वे-केशन *n* & *vi* 1 ख़ाली करना [~ of a house]; त्याग, परित्याग [~ of office]; 2 (लंबी) छुट्टियां, दीर्घावकाश, summer ~ गर्मी या गर्मियों की छुट्टियां, ग्रीष्म-अवकाश, **We are on** ~ हम छुट्टियां मना रहे हैं; *vi* छुट्टी मनाना

vaccinate वैक्सिनेट *vt* (चेचक आदि का) टीका लगाना; **vaccinator** *n* टीका लगाने वाला

vaccine वैक्सीन *n* & *a* टीके की दवा, टीका, वैक्सीन; *a* 1 गाय का, गो-संबंधी, 2 चेचक का; 3 टीके का

vacillate वैसिलेट *vi* 1 आगे-पीछे होना, डोलना, झूलना, 2 अपना मत स्थिर न कर पाना, एक बात पर न टिकना; निश्चय करने में हिचकिचाना, निश्चय न कर पाना, डाँवाँडोल होना; **vacillation** *n* 1 (of thing) डोलना, दोलन, 2 (of person) हिचकिचाहट, ढुलमुलपन

vacuity व-क्यूइटि *n* (f. vacuous) 1 रिक्तता, 2 रिक्त स्थान, 3 बुद्धिहीनता, मूर्खता

vacuole वैक्युओल *n* (*biol*) कोशाणु में (प्राय: द्रव से भरा) लघु छिद्र, रसधानी, रिक्तिका

vacuous वैक्युअस *a* 1 ख़ाली, रिक्त, शून्य, 2 विचारशून्य, बुद्धिहीन; मूर्खता का [~ remark]; भावशून्य [~ look]; **~ness** *n*=vacuity

vacuum वैक्युअम *n* (*pl* **vacua**, **~s**) 1 भौतिक तत्त्व से सर्वथा रहित स्थान, शून्य देश, शून्य, शून्यक, 2 *phys* जगह या पात्र जिमसे लगभग सारी हवा निकाल ली गई हो, निर्वात पात्र या स्थान, निर्वात; **~ cleaner** दरी या ग़लीचे आदि से वायु-चूषण द्वारा मिट्टी आदि निकालने का उपकरण, निर्वात-मार्जक

vade-mecum वेडि-मीकम *n* सदा साथ रहने वाली पुस्तक या वस्तु (*e.g.* a knife, diary, etc), सहचर, साथी

vagabond वैग-बॉन्ड *a* & *n* & *vi* 1 बे-घरबार, बे-ठौर-ठिकाने का, सदा घूमता-फिरता रहने वाला, ख़ानाबदोश, यायावर; 2 आवारा; आवारगी का [to live a ~ life], *n* 1 आवारा आदमी, निकम्मा आदमी, 2 *colloq* लुच्चा, लफ़ंगा, बदमाश, *vi* आवारा फिरना, आवारागर्दी करना; **~age** *n* आवारागर्दी, आवारगी, आवारापन

vagarious वगॅअ-रिअस *a* (f. foll) 1 मनमौजी, 2 परिवर्तनशील, अनिश्चित, कभी कुछ कभी कुछ

vagary वगॅअरि, वेगरि *n* 1 मन की मौज, तरंग, लहर, 2 निरन्तर बदलता रहना, परिवर्तनशीलता, (परिवर्तनशीलता के कारण) अनिश्चितता [the ~s of fashion, weather, etc]

vagina वजाइन: *n* (*pl* ~e, ~s) 1 भगमुख से गर्भाशय तक का मार्ग, योनिमार्ग, योनि, 2 *bot* (डंडी के इर्द-गिर्द पत्ते का) आवरण, आच्छद; **~l** *a* योनि का

vagrancy वेग्रन्सि *n* (f. foll) 1 आवारागर्दी, आवारगी, 2 आवारागर्दी का जीवन

vagrant वेग्रन्ट *a* & *n* 1 भ्रमणशील, यायावर [~ musician], घुमक्कड़, ख़ानाबदोश [~ basket-makers], 2 आवारा, 3 आवारगी का [to lead a ~ life]; *n* आवारा आदमी, बे-घरबार और बे-रोज़गार आदमी

vague वेग *a* 1 अस्पष्ट, गोल [~ answer, idea), अनिश्चित, 2 जो इन्द्रियों द्वारा ठीक तरह से ग्रहण न हो, अस्पष्ट [~ odour]; धुंधला [~ outline], 3 (of person) अस्पष्ट विचार वाला, अस्पष्ट बात करने वाला; **~ness** *n* अस्पष्टता, धुंधलापन, अनिश्चितता

vain वेन *a* 1 निरर्थक, निस्सार, झूठा [~ hopes], दिखावटी, ऊपरी, खोखला [~ promisesl, महत्त्वहीन, तुच्छ [~ distinctions], 2 निष्फल बेकार, व्यर्थ [~ efforts; it is ~ to try]; **in ~** बेकार, व्यर्थ, फ़ज़ूल [I tried, I protested, in ~; It was in ~ that I protested); 3 (रूप, धन, गुण आदि का) अभिमानी, गर्वित [She is ~ of her beauty]

vainglorious वेन्-ग्लॉरिअस *a* (f. foll) 1 अहम्मन्य, गर्वीला, अभिमानी, घमंडी, 2 शेख़ीबाज़

vainglory वेन्-ग्लॉरि *n* 1 (रूप, गुण आदि का) अतिशय अभिमान, अहम्मन्यता, गर्व, घमंड, 2 आत्मश्लाघा, शेख़ी

valance, valence वैलन्स *n* (पलंग, खिड़की आदि का) छोटा पर्दा

vale^1 वेल *n* (*poet*)=valley, **~ of years** बुढ़ापा

vale^2 वेलि *int* & *n* आपकी यात्रा शुभ हो, स्वस्ति, *n* विदा, विदाई

valediction वैलि-डिक्शन *n* 1 विदा, विदाई, 2 विदाई के (समय कहे गये) शब्द, विदाई-भाषण

valedictory वैलि-डिक्टरि *a* & *n* विदाई का [~ speech, ceremony]; *n* विदाई-भाषण

valence वेलन्स *n* (*chem*) एक तत्त्व के परमाणु का दूसरे तत्त्व के परमाणुओं से मिलने का गुण, संयोजक गुण या शक्ति, संयोजकता

valency वेलन्सि *n* (*chem*) (see prec) 1 संयोजक शक्ति का एकक, 2 =valence

valentine वैलन्टाइन *n* 1 प्रेमी, प्रेमिका; प्रेमपत्र, प्रेमोपहार, 2 St. V~'s day 14 फ़रवरी, मदनोत्सव

valerian वलिअ-रिअन 1 *bot* सफ़ेद या गुलाबी

फूलों तथा तेज़ गंध वाली बूटी-विशेष; बिल्ली-लोटन; 2 इसकी जड़ से बनी औषध

valet वैलिट *n* & *vi* 1 रईस का निजी सेवक (जो उसकी पोशाक आदि ठीक-ठाक रखता है); 2 होटल में लोगों की ऐसी ही सेवा करने वाला आदमी, परिचारक, टहलुआ, खिदमतगार, *vt* 1 सेवा करना, 2 (पुरुषों के कपड़े) धोना और इस्तरी करना

valetudinarian वैलि-ट्यूडि-नें'अरिअन *a* & *n* 1 जिसकी सेहत अच्छी न हो; प्राय: बीमार रहने वाला (व्यक्ति); 2 सेहत के बारे में चिन्तित रहने वाला (व्यक्ति), 3 स्वास्थ्य लाभ करने का इच्छुक (व्यक्ति)

valetudinary वैलि-ट्यूडि-नरि *a* & *n* =prec.

Valhalla वैल्-हैल: *n* 1 (Norse *myth*) (वीर मृतकों का) स्वर्ग, 2 यशस्वी व्यक्तियों को सम्मानित करने का भवन

valiant वैल्यन्ट *a* 1 बहादुर, वीर, शूरवीर, दिलेर, 2 बहादुरी का, दिलेरी का, शौर्य का, वीरतापूर्ण, साहसपूर्ण; ~**ly** *adv* वीरतापूर्वक

valid वैलिड *a* 1 (of reason, argument, objection) तर्कसंगत, ठोस, सबल, मान्य, ठीक, 2 (of document) मान्य, प्रामाणिक [~ passport etc], 3 कानूनी दृष्टि से मान्य, विधिमान्य वैध, विधिसम्मत [~ contract, marriage]

validation वैलि-डेशन *n* (see foll.) मान्यकरण; पुष्टीकरण; वैधीकरण

validate वैलिडेट *vt* 1 मान्य बनाना, प्रामाणिक बनाना, 2 पुष्टि करना, 3 वैध या विधिसम्मत बनाना

validity व-लिडिटि *n* 1 मान्यता, सबलता, बल [~ of an argument], 2 मान्यता, प्रामाणिकता [~ of a passport], 3 वैधता

valise व-लीज़ *n* बैग, थैला

vallation वलेशन *n* परकोटा, प्राचीर, फ़सील

vallecula वै-लें'क्युल: *n* (*pl* ~**e**) (*anat*, *bot*) खांचा, झिरी, नाली

valley वैलि *n* 1 पहाड़ों से घिरा हुआ समतल प्रदेश, घाटी, द्रोणी [the Kashmir ~, the Dehra Dun ~], 2 नदी और उसकी उपनदियों द्वारा सिंचित विशाल प्रदेश, घाटी [the Indus, the Gangetic, ~]

vallum वैलम *n* (*Rom ant*) परकोटा

valorization वैलराइ-ज़ेशन *n* मूल्यवर्धन; मूल्य-निर्धारण, मूल्यस्थिरीकरण

valorize वैल-राइज़ *vt* (वि० सरकार द्वारा वस्तु का) मूल्य बढ़ाना, मूल्य नियत या स्थिर करना

valorous वैल-रस *a* (f. foll) 1 शूरवीर, पराक्रमी, 2 वीरता का

valour वैलर *n* शौर्य, पराक्रम, वीरता, बहादुरी

valuable वैल्युअबल *a* & *n* 1 कीमती, बहुमूल्य [~ property], 2 मूल्यवान्, महत्त्वपूर्ण, उपयोगी, काम का [~ information, assistance]; *n* (usu. in *pl.*) बहुमूल्य वस्तु, रत्न, आभूषण आदि

valuation वैल्यु-एशन *n* 1 मूल्यांकन [~ of land etc]; 2 (आंका हुआ) मूल्य, कीमत [The land was disposed of at a low ~], 3 महत्त्व, कद्र [He sets a high ~ on his abilities]

value^1 वैल्यू *n* 1 कीमत, मूल्य, मोल, दाम, भाव [~ of goods; increase, decrease, in ~], 2 उपयोगिता, वांछनीयता, लाभ, फ़ायदा, महत्त्व, कदर, कीमत [I know the ~ of a friend]; ~ of time समय का मूल्य या महत्त्व; समय की कीमत या कदर; news ~ समाचार की दृष्टि से महत्त्व; समाचारिक महत्त्व, 3 (in *pl*) **values** किसी बात का महत्त्व आंकने के बारे में (व्यक्ति या समाज के) सिद्धान्त या दृष्टिकोण: वे आदर्श या सिद्धान्त या रीति-रिवाज जिनमें व्यक्ति या समाज की विशेष आस्था हो, (चिरप्रतिष्ठित) मान्यताएं [Our ~s have changed]; **moral** ~**s** नैतिक या आचार-संबंधी मान्यताएं, 4 (शब्द या मुहावरे का) अर्थ, आशय; 5 (*math* etc) सांख्यिक या मात्रिक या पारिमाणिक मूल्य, संख्या, मात्रा, परिमाण [~ of **gravity at** the equator]; 6 ~ **for money** चीज़ जिसकी उपयोगिता उसकी कीमत के बराबर हो; कीमत (के लिहाज़ से) अच्छी चीज़, 7 ~ **payable** मूल्य-देय; ~ **payable parcel** (V.P.P.) पार्सल या पोट जिसकी कीमत प्रेषित को अदा करनी हो, मूल्यदेय पोट; **valueless** *a* 1 निकम्मा, तुच्छ, घटिया, 2 अनुपयोगी, बेकार

value^2 *vt* 1 मूल्य या दाम या कीमत लगाना, मूल्य आंकना [to ~ goods], 2 मूल्य या महत्व समझना, कदर करना [to ~ friendship], 3 गर्व करना [to ~ oneself **on** *or* **for** one's achievements]

valued वैल्यूड *a* आदरणीय, श्रद्धेय [a ~ friend]

valuer वैल्युअर *n* (जायदाद आदि का) मूल्य आंकने वाला, मूल्यांकक

valuta व-ल्यूट: *n* (मुद्रा की) विनिमय-दर

valvate वैल्-वेट *a* (f. foll) 1 कपाटयुक्त, 2 कपाटसदृश, कपाटवत्

valve वैल्व *n* वह उपकरण जो द्रव का प्रवाह एक ही दिशा में होने देता है, एक ही तरफ़ खुलने वाला पल्ला या ढकना, कपाट, कपाटिका, वाल्व

valvular वैल्व्युलर *a* (f. prec) 1 कपाट या वाल्व का, कपाटीय, 2 वाल्व के आकार का, कपाटसदृश, 3 वाल्वयुक्त

vambrace वैम्ब्रेस *n hist* बांह के अग्रभाग का कवच, प्रकोष्ठकवच

vamp^1 वैम्प *n*, *vt* & *i* 1 जूते का ऊपरी अग्रभाग, साज, 2 इधर-उधर के टुकड़ों को जोड़कर बनाई हुई चीज़, 3 *mus* संगत; *vt* & *i* 1 to ~ **up** (इधर-उधर के टुकड़े लगा कर मरम्मत करना, नया कर देना, 2 (*mus*) (बिना तैयारी के) संगत

करना; ~**er** *n* मरम्मत करने वाला, मोची; संगत करने वाला

vamp^2 *n* & *vt* & *i* (*colloq*) पुरुषों को अपने रूप आदि से फुसलाने वाली स्त्री, चोंचलेबाज़ औरत; *vt* & *i* (पुरुष को) फुसलाना, मोहित करना

vampire वैम्पाइअर *n* 1 (रात में कब्र से निकल कर सोते हुए लोगों का **ख़ून** चूसने वाला) प्रेत, वेताल; 2 ख़ून चूसने वाला आदमी, अत्याचारी, ज़ालिम, 3= prec. *n*; 4 ~ (bat) पशुओं और सोते व्यक्तियों का **ख़ून** चूसने वाला चमगादड़, 5 *theatr* फ़र्श में बना चोरदरवाज़ा

vampirism वैम्पाइअ-रिज़म *n* 1 वेतालों के अस्तित्व में विश्वास, 2 रक्तशोषण, अत्याचार

van^1 वैन *n* धातु की परख

van^2 *n*=vanguard (*lit* or *fig*); **to be in the van of** scientific progress etc विज्ञान की प्रगति में आगे-आगे होना या रहना, अग्रणी **होना**

van^3 *n* 1 बन्द मोटरगाड़ी, 2 मालगाड़ी का डिब्बा (also luggage ~), 3 गार्ड का डिब्बा (also guard's ~)

vanadium व-नेडिअम *n* इस्पात को कड़ा करने में काम आने वाली धातु-विशेष, वैनेडियम

Vandal वैन्डल *n* 1 पश्चिम यूरोप की जाति जिसने **चौथी-पांचवीं** शताब्दी में फ़्रांस, बैल्जियम, स्पेन और रोम में लूट-मार करके वहां के ग्रन्थों और **कलाकृतियों को नष्ट**-भ्रष्ट किया, 2 **vandal** कलाकृतियों, इमारतों आदि को नष्ट-भ्रष्ट करने वाला व्यक्ति, कलाकृतिध्वंसक; बर्बर; **vandalic** वैन्डैलिक *a* विनाशात्मक, विनाशी

vandalism वैन्डलिज़म *n* 1 इमारतों, कलाकृतियों आदि का जान-बूझ कर किया गया विध्वंस, 2 कलाकृतिध्वंस, तोड़-फोड़ (की कार्यवाही), 3 तोड़-फोड़ की भावना; **vandalize** वैन्डलाइज़ *vt* जान-बूझ कर तोड़ना या नष्ट करना

vandyke वैन्-डाइक *n* झालर के लटकते हुए नुकीले सिरों में से एक; V~ beard (**कतरी हुई**) नुकीली दाढ़ी; ~ collar नुकीला कालर

vane वेन *n* 1 हवा की दिशा का सूचक यन्त्र, वातसूचक, बादे-नुमा (also weather-~, wind ~), 2 (पनचक्की का) पंख, 3 (दूरबीन, बन्दूक आदि की) **मक्खी**, लक्षक, 4 (पक्षी के) पर का चपटा भाग, पिच्छफलक

vanguard वैन्गार्ड *n* 1 सेना का अग्रभाग, हरावल (दस्ता), सेनामुख, नासीर; 2 *fig* (आन्दोलन आदि का) अग्रिम दल [**to be in the ~ of a** movement]; अग्रणी, अगुआ, नेता

vanilla व-निल: *n* आर्किड (orchid) की एक किस्म जिसके फूल सुगन्धित होते हैं; इसका फल; इसके फल का रस (जो कि आइसक्रीम आदि को सुवासित करने में काम आता है), वनिला, वनीला; **vanillin** व-निलिन *n* वनीला-सत

vanish वैनिश *vi* 1 अदृश्य या ग़ायब होना; लुप्त होना, अन्तर्धान होना, 2 विलीन होना, मिट जाना, जाता रहना [The suspicion has ~d], 3 (*math*; of number etc) शून्य हो जाना

vanity वैनिटि *n* 1 असारता, व्यर्थता, खोखलापन [the ~ **of** worldly grandeur], 2 असार वस्तु; **Vanity Fair** यह असार संसार, 3 (रूप, गुण आदि का) **बेहद** घमण्ड, अतिशय अभिमान, गर्व, अकड़, ऐंठ [to do sth out of ~]; ~ **bag**, ~ **case** (स्त्रियों का) प्रसाधन-सामग्री सहित बटुआ; 4 साभिमान प्रदर्शन, धूम-धाम, ठाट-बाट

vanquish वैङ्क्विश *vt* 1 हराना, पराजित करना, परास्त करना, 2 पर विजय या क़ाबू पाना [to ~ one's fears]

vantage वांटिज *n.* 1 **ड्यूस** (deuce) के बाद जीता गया एक **प्वाइंट** (also **advantage**) (in tennis); 2 coign, point, of ~ स्थान जहां से कोई दृश्य अच्छी तरह दिखाई दे, प्रेक्षणस्थान [All the ~ points on the route of the procession were occupied by people]; ~ **ground** (बचाव अथवा आक्रमण के लिए) सुविधाजनक स्थान या स्थल, **अनुकूल स्थिति**

vapid वैपिड *a* 1 बेस्वाद, बेमज़ा, फीका, नीरस [~ **beer**, conversation, etc], 2 उबाऊ, अरुचिकर [~ moralizings]; **vapidity** व-पिडिटि, **vapidness** *nn* **फीकापन**, नीरसता

vapor वेपर *n* (U.S.)=**vapour; vaporization** *n* वाष्पीकरण, वाष्पन; **vaporize** वेपराइज़ *vt* & *i* वाष्प बनाना या बनना

vaporous वेपरस *a* 1 वाष्प-जैसा, 2 वाष्पमय, नमीदार, जिस पर कोहरा जमा हुआ हो, कोहरेदार

vapour वेपर *n* & *vi* 1 **वाष्प**, भाप, 2 (हवा में) नमी, धुंध, कोहरा, धुआं आदि, 3 अन्तःश्वसन करने या भाप लेने की **दवा**, 4 असार वस्तु, कोरी कल्पना, स्वप्नमात्र, 5 (in *pl.*, *arch*) उदासी, विषाद, 6 ~ **bath** वाष्पस्नान; वाष्पस्नानागार; (*vi*) 1 भाप बनना, भाप बनकर उड़ जाना, 2 डींग हांकना, शेख़ी बघारना; **vapouring** *n* **शेख़ी**, डींग

vapoury वेपरि *a* = vaporous

variability, वेॅअ-रिअ-बिलिटि **variableness** *nn* 1 **परिवर्तनशीलता**, परिवर्तिता, 2 अस्थिरता, चंचलता

variable **वेॅअ-रिअ-बल** *a* 1 जो घट-बढ़ सके, जिसे घटाया-बढ़ाया जा सके, घटने-बढ़ने वाला [rod of ~ length], 2 परिवर्तनशील, बदलने वाला, अस्थिर, चंचल [~ mood, fortune], 3 (of winds, currents) जिसकी दिशा बदल जाने की संभावना हो, 4 *math* परिवर्तनशील, परिवर्ती [~ quantity]

variance **वेॅअ-रिअन्स** *n* (f. foll) 1 मतभेद, असहमति [**to be at ~ (with s.o.)**]; 2 अनबन, फूट [to set two people at ~], 3 असामंजस्य, असंगति, विरोध, मेल न खाना [theory at ~ with the facts], 4 *law* (बयानों या दस्तावेज़ों

का) परस्परविरोध, असंगति, विसंगति

variant वे̆अ-रिअन्ट *a* & *n* (रूप, आकार आदि में) भिन्न [40 ~ types of pigeon]; ~ reading पाठान्तर; *n* 1 पाठान्तर, पाठभेद; 2 रूपान्तर, रूपभेद, भिन्न रूप; भिन्न वर्तनी ['tire' is a ~ of 'tyre']

variation वे̆अ-रि-एशन *n* 1 परिवर्तन, कमी-बेशी, घट-बढ़, उतार-चढ़ाव [Prices are subject to ~], 2 भेद, विभिन्नता; फेर-फार, 3 अन्तर, भेद, फ़रक [The temperature is subject to a ~ of several degrees], 4 परिवर्तित रूप, नया रूप, रूपान्तर, भेद, विभेद [It is a ~ of the same theme]; 5 *math* विचरण; 6 *mus* परिवर्तित रूप

varicella वैरि-से̆ल: *n* छोटी माता, लघुमसूरिका (=chicken-box)

varicoloured वे̆अरि-कलर्ड *a* रंग-बिरंगा, चितकबरा

varicose वैरिकोस *a* (f. varix) फूला हुआ, स्फीत, सूजा हुआ, ~ vein स्फीत शिरा; **varicosity** *n* स्फीति, शोथ, सूजन

varied वे̆अ-रिड *a* (*pp* of vary) विविध, विभिन्न, कई प्रकार का

variegate वे̆अरिगेट *vt* भिन्न-भिन्न रूप या रंग का बनाना, रंग-बिरंगा बनाना, चितकबरा बनाना, कर्बुर या शबल बनाना; ~d *a* 1 रंग-बिरंगा, चितकबरा, शबल, कर्बुर, 2 *bot* जिसके पत्ते दो या अधिक रंगों के हों, शबल; **variegation** *n* चितकबरापन, शबलता

varietal व-राइअटल *a* (f. variety, 3) उपजातीय

varietist व-राइअ-टिस्ट *n* आम लोगों से भिन्न आदतों वाला व्यक्ति, भिन्नस्वभाव व्यक्ति

variety व-राइअटि *n* 1 अनेकता, नानात्व, अनेकरूपता, विविधता, 2 अनेक या विविध वस्तुओं का समूह, **a** ~ of fruits तरह-तरह के फल; for a ~ of reasons कई कारणों से, कई बातों के कारण, ~ **entertainment** *or* **show** (संगीत, नृत्य, नाटक, बाजीगरी आदि द्वारा) रंगारंग मनोरंजन, 3 *biol* भेद-विशेष, विभेद, प्रकार, किस्म [a ~ of plum]; उपजाति

variform वे̆अरिफ़ॉर्म *a* अनेकरूप, विविधरूप, नानाविध

variola व-राइअल: *n* चेचक, शीतला, मसूरिका (=smallpox)

variole वे̆अरिओल *n* (*geol*) (पत्थर पर चेचक के निशान-जैसा) छोटा गड्ढा

variorum वे̆अरि-ऑरम *a* & *n* विभिन्न पाठान्तरों और टीकाओं से समन्वित (संस्करण), विविध पाठ एवं टीका-समन्वित (संस्करण) [a ~ (text, edition) of the Mahabharata, of the Twelfth Night, etc]

various वे̆अरिअस *a* 1 अलग-अलग; भिन्न-भिन्न [the modes of procedure were ~]; of ~ kinds कई प्रकार के, तरह-तरह के, 2 अनेक प्रकार के, विविध, विभिन्न [We talked about ~ things], 3 बहुत से, अनेक, कई [He met ~ persons; at ~ times; for ~ reasons]; ~**ly** *adv* कई या अनेक प्रकार से

varix वे̆अरिक्स *n* (*pl.* -ices) धमनी अथवा शिरा की स्फीति; स्फीत धमनी अथवा शिरा

varnish[1] वार्निश *n* 1 वारनिश, वार्निश, रोग़न, 2 (स्वाभाविक या कृत्रिम) चमक, 3 ऊपरी चमक-दमक या तड़क-भड़क, मुलम्मा, 4 दिखावटी शिष्टता

varnish[2] *vt* 1 वारनिश या रोग़न करना, 2 *fig* पर लीपा-पोती करना, पर्दा डालना, छिपाना [to ~ a fact], 3 *fig* सुचारू रूप में प्रस्तुत करना [to ~ an action], नमक-मिर्च मिलाना [to ~ an account]

varsity वार्सिटि *n* (*colloq*)=university

varus वे̆-अरस *n* पाँव का अन्दर की ओर मुड़ना, वक्रपाद

varve वार्व *n* झील में प्रतिवर्ष जमने वाली मिट्टी की परत, अनुवर्षस्तर

vary वे̆अरि *vt* & *i* (varied) 1 थोड़ा-बहुत बदल देना, किंचित् परिवर्तित करना [to ~ one's routine], 2 घटाना-बढ़ाना [to ~ the pressure], 3 विविध प्रकार का बनाना, विविधता लाना [The style is not sufficiently varied]; 4 *vi* बदल जाना, 5 घटना-बढ़ना, न्यूनाधिक होना [In winter, the temperature varies from 5°C to 25°C], 6 भिन्न-भिन्न होना [Opinions ~ on this point]; तरह-तरह का होना; 7 **to ~ (directly) as** का अनुक्रमानुपाती होना, **to ~ inversely as** का व्युत्क्रमानुपाती होना

vas वैस *n* (*pl* ~**a** वेसः) नस, नलिका, वाहिका, वाहिनी; ~ **deferens** अण्डकोष से शिश्न तक जानेवाली वीर्यवाहिनी नस, शुक्रवाहिनी

vascular वैस्क्युलर *a* 1 नस का, रग का; नसों का बना हुआ, नसमय, रगदार, 2 ~ plant रगदार पौधा

vase वाज़ *n* लंबे आकार का कलश या घट, flower ~ फूलदान, गुलदान

vasectomy-वसे̆क्टमि *n* (*surg*) दोनों शुक्रवाहिनी नसों का अंश काट देना, नसबन्दी (also see 'vas deferens')

vaseline वैस्लीन, -लिन *n* पेट्रोलियम से बनी मरहम, वैसलीन

vasiform वेज़िफ़ार्म *a* 1 (f. vas) रग या नस या नलिका के आकार का, नलिकाकार; 2 (f. vase) कलशाकार

vassal वैसल *n* (*hist*) 1 राजा या सामन्त के प्रति वफ़ादारी और अधीनता के आधार पर जागीर पाने वाला, राजभक्त या स्वामिभक्त जागीरदार, 2 *rhet* अधीन व्यक्ति, मातहत, आश्रित, विनीत सेवक या

अनुचर, गुलाम; ~**age** *n* 1 वफ़ादारी अधीनता, गुलामी, दासता, 2 जागीर

vast वास्ट *a* & *n* 1 विशाल, विस्तृत, लंबा-चौड़ा [~ plains], 2 (संख्या, परिमाण, आकार आदि में) बड़ा, बृहत्, बृहदाकार, विपुल [~ multitude, resources]; 3 *colloq* बहुत अधिक, बहुत बड़ा, बड़ा भारी [It makes a ~ difference], *n* (*poet*, *rhet*) विशाल प्रदेश; ~**ness** *n* विशालता, विपुलता

vat वैट *n* टब, हौज़, टंकी

vatic वैटिक *a* = prophetic, 3

Vatican वैटिकन *n* 1 (रोम में) पोप का निवास-स्थान या महल, 2 *fig* पोप का शासन या प्रभुत्व, पोप की सरकार, 3 ~ **City** रोम नगर के अन्दर स्वतन्त्र राज्य जिस पर पोप का शासन है

vaticinate व-टिसिनेट *vt* & *i* भविष्यवाणी करना; **vaticination** *n* भविष्यवाणी, भविष्यकथन; **vaticinator** *n* भविष्यवक्ता

vaudeville वोड्-विल *n* 1 रंगारंग मनोरंजन-कार्यक्रम; 2 नृत्य-संगीत-नाटिका, 3 व्यंग्यात्मक गीत

vault^1 वॉल्ट *n* & *vt* 1 *archit* मेहराब-जैसी छत, मेहराबी छत, गुंबज, 2 गुंबज-जैसी छाजन, **the** ~ **of heaven** आकाश-मंडप, 3 भूमिगत गोदाम, तहख़ाना [safe-deposit ~; wine-~]; (गिरजे या कब्रिस्तान में बना) भूमिगत शवकक्ष; family ~ पारिवारिक शवकक्ष, *vt* 1 मेहराबदार बनाना [a ~ed roof], 2 में तहखाने बनाना

vault^2 *vi* & *t* & *n* (वि० लंबे डंडे के सहारे) कूदना, छलांग लगाना; फाँदना, लांघना [to ~ (over) a gate]; to ~ **on to** a horse कूद कर घोड़े पर जा बैठना; *n* छलांग, फलांग; फाँद

vaulted वॉल्टिड *a* (f. vault^1) 1 मेहराबदार, गुंबजदार, गुंबजी, 2 जिसमें तहख़ाना या तहख़ाने बने हों; **vaulting** *a* (f. vault^2) ऊंची छलांग लगाने वाला, *fig* ऊंचा, अत्यधिक, vaulting ambition भारी महत्वाकांक्षा

vaunt वॉन्ट *vi* & *t* 1 डींग मारना या हाँकना, शेख़ी बघारना, 2 *vt* बहुत प्रशंसा करना; पर गर्व करना [to ~ one's achievements]

veal वील *n* बछड़े का मांस; ~**y** *a* बछड़े-जैसा; *fig* अपरिपक्व, अधकचरा

vector वेॅक्टर *n* & *a* 1 *math* दिशासहित मात्रा, सदिश मात्रा, 2 विमान का निर्दिष्ट पथ; 3 एक जीव से दूसरे में रोग पहुंचाने वाली चीज़, रोगवाहक, *vt* (उड़ते हुए विमान आदि को) अभीष्ट स्थान या बिन्दु पर जाने का निर्देश करना; ~**ial** वेॅक्टॉरिअल *a* सदिश मात्रा का, सदिश

Vedda वेॅडः *n* श्रीलङ्का का आदिवासी

vedette विडेॅट *n* (सीमा-चौकी के आगे के इलाके में तैनात) घुड़सवार सन्तरी

veer^1 विअर *vi* & *t* & *n* 1 (of wind) दिशा बदलना [The wind ~ed round to the south]; दक्षिणावर्त होना, 2 (of ship) मुड़ना या मोड़ना, 3 (*fig*. of person) **to** ~ **round** का विचार या व्यवहार बदल जाना; (of opinion) रुख़ बदलना; *n* 1 दिशापरिवर्तन, दिक्परिवर्तन, 2 (विचार या मत का) परिवर्तन

veer^2 *vt* (*naut*) to ~ out the cable रस्सा ढीला करना; **to** ~ **and haul** (i) (रस्सा) कभी ढीला करना और कभी कसना, (ii) *fig* बड़ी चतुराई से समस्या हल करना

vegan वीगन *n* & *a* = vegetarian

vegetable वेॅजि-ट-बल *n* & *a* 1 वनस्पति, पेड़-पौधा, 2 शाक, साग-सब्ज़ी, तरकारी, 3 निरुत्साह और आकांक्षारहित व्यक्ति, *a* 1 वनस्पति का (बना हुआ), ~ kingdom वनस्पतिजगत्; ~ **butter** वनस्पति मक्खन, ~ **oil(s)** वनस्पति-तेल, 2 (of life) वनस्पति-जैसा, निष्क्रिय

vegetal वेॅजिटल *a* 1 वनस्पति का, वनस्पति-जैसा, 2 पोषण और वृद्धि से संबंधित [the ~ functions]

vegetarian वेॅजि-टेॅअरिअन *n* & *a* शाकाहारी; *a* शाक-सब्ज़ी का, निरामिष, ~ diet निरामिष भोजन, शाक-सब्ज़ी और फल आदि का भोजन, शाकाहार; ~**ism** *n* केवल शाकाहार करने का सिद्धान्त, शाकाहार, शाकाहारिता

vegetate वेॅजिटेट *vi* 1 पेड़-पौधों की तरह बढ़ना; खाना, पीना और बढ़ते रहना, 2 *fig* निष्क्रिय और नीरस जीवन बिताना

vegetation वेॅजि-टेशन *n* 1 (see prec) पेड़-पौधों का-सा जीवन; निष्क्रिय जीवन, 2 पेड़-पौधे, वनस्पति(यां), हरियाली [There is luxuriant ~ on either side of the road], उद्भिज्ज; वनस्पति जगत्; 3 *path* (शरीर पर का) उभार, उद्भेद

vegetative वेॅजिटेटिव *a* 1 वनस्पतिजगत् का, **वनस्पति-संबंधी**, 2 वनस्पति की तरह बढ़ने का (न कि प्रजनन का), वर्धन का, **विकास** का, 3 उत्साह-रहित और निष्क्रिय [~ existence]

vehemence वी-इ-मन्स *n* 1 बल, ज़ोर, प्रबलता, 2 आवेग, आवेश, जोश, उग्रता

vehement वी-इ-मन्ट *a* 1 प्रबल, उत्कट, तीव्र [~ desire]; 2 उग्र, ज़ोरदार, ज़बरदस्त [~ protest, opposition], (*arch*) तेज़, तीव्र [~ wind], 3 आवेशपूर्ण, आवेगपूर्ण, जोशभरा, जोशीला

vehicle वी-इ-कल *a* 1 (किसी प्रकार का) यान, वाहन, सवारी, गाड़ी, विमान आदि, 2 पहुंचाने का साधन, वाहक, वहित्र [The air is the ~ of sound]; 3 द्रव (वि० तेल) जिसमें रंग-रोग़न घोला जाये; (औषध का) अनुपान; 4 (विचार आदि व्यक्त या प्रसारित करने का) साधन, माध्यम [the press as a ~ for public opinion]

vehicular वि-हिक्युलर *a* यान या गाड़ी का; ~ traffic गाड़ियों का यातायात

veil^1 वेल *n* 1 स्त्री का मुँह ढकने का कपड़ा, दुपट्टा, घूंघट, पर्दा; बुर्क़ा; 2 ईसाई भिक्षुणी या साध्वी का

शिरोवस्त्र; **to take the ~** (ईसाई) भिक्षुणी या साध्वी हो जाना; 3 *fig* (i) पर्दा **to draw a ~ over sth** किसी घटना पर पर्दा डालना, की चर्चा न करना, (ii) आड़, ओट, बहाना, ब्याज [under the ~ of religion], 4=velum

veil² *vt* 1 पर्दा डालना, ढकना, छिपाना; 2 (of woman) to ~ one's face, to ~ oneself घूंघट काढ़ना, 3 कुछ-कुछ छिपाना [a ~d threat]

vein वेन *n* & *vt* 1 शरीर के सभी भागों से दिल में रक्त पहुंचाने वाली असंख्य नसों में से एक, शिरा (cf. artery), 2 *pop* रग, नस, नाड़ी [He has royal blood in his ~s], 3 (पतंगे के पंख या पत्ते की) रग, नस, शिरा, 4 (in wood, marble) धारी, लकीर, 5 *geol* चट्टान में खनिज पदार्थ से भरी दरार, रग, शिरा, परत [A rich vein of gold has been discovered], 6 मनोवृत्ति, प्रवृत्ति, स्वभाव, तबीयत, मिज़ाज [He was of a poetic ~]; तौर, ढंग, लहजा, अन्दाज़ [He said this in a humorous ~]; *vt* 1 शिराओं या रगों से युक्त करना, 2 धारीदार बनाना।

velar वीलर *a* (f. veil *or* velum) 1 झिल्ली का, 2 कोमल तालु का, 3 *phonet* मृदुतालव्य, कोमलतालव्य

velleity वे॑-ली-इटि *n* 1 दुर्बल संकल्प (जो व्यक्ति को कार्य में प्रवृत्त नहीं कर पाता); 2 तनिक इच्छा या प्रवृत्ति, इच्छामात्र

vellum वे॑लम *n* 1 चर्मपत्र, 2 चर्मपत्र पर लिखी पांडुलिपि, 3 (चर्मपत्र-जैसा) काग़ज़

velocimeter वे॑ल-सिमिटर *n* वेगमापी

velocity वि-लॉ॑सिटि *n* 1 द्रुत गति, तेज़ी; 2 *mech* निर्दिष्ट दिशा में गति, वेग, **~ of escape** =escape ~ पलायन-वेग, **~ of light** प्रकाश-वेग (लगभग 3 लाख किलोमीटर प्रति सैकंड)

velour, velours व-लुअर *n* एक प्रकार की मख़मल, वेलूर

velum वीलम *n* (*pl.* -la) 1 (*anat*, *bot*, *zool*) झिल्लीदार पर्दा या ढक्कन, विच्छद; 2 कोमल तालु

velvet वे॑ल्विट *n* 1 मख़मल, 2 (हिरन के नये सींग पर का) रोयेंदार चमड़ा; 3 लाभ, फ़ायदा, नफ़ा; (*colloq*) **to be on ~** अच्छी स्थिति में होना, समृद्ध होना, पांचों उंगलियां घी में होना; *a* मख़मली, **~ glove** ऊपर से नरमी और भीतर से सख़्ती [with an iron hand in a ~ glove]

velveteen वे॑ल्वि-टीन *n* 1 सूत का बना मख़मल-जैसा कपड़ा, सूती या नकली मख़मल; 2 in *pl* (इस की बनी) पतलून

velvety वेल्विटि *a* (f. velvet) मख़मली, मुलायम; कोमल

vena cava वीनः-केवः *n* (*pl* **venae cavae**) हृदय में रक्त पहुंचाने वाली दो शिराओं में से एक, महाशिरा

venal वीनल *a* 1 पैसा ले कर नीच काम करने वाला, रिश्वत लेने को तैयार, रिश्वतख़ोर, उत्कोचप्रिय, भ्रष्टाचारी [a ~ judge]; 2 (of conduct etc) रिश्वत से प्रभावित, रिश्वत ले कर किया हुआ [~ acquittals]; **venality** वी-नै॑लिटि *n* घूसख़ोरी, उत्कोचप्रियता

venation वि-नेशन *n* (f. vein) 1 (in leaf or wing of insect) शिराविन्यास, 2 शिराएं, शिरातन्त्र, **~al** *a* शिराविन्यास का, शिराविन्यासी

vend वे॑न्ड *vt* बचना, विक्रय करना; **~ee** *n* ख़रीदार, क्रेता; **~er** *n* विक्रेता [fruit-vendor]

vendetta वे॑न्-डे॑ट: *n* 1 कुल-वैर (जिसके कारण एक कुल के लोग दूसरे कुल के व्यक्ति(यों) की हत्या कर देते हैं), पुश्तैनी दुश्मनी, 2 पुरानी घोर शत्रुता, चिरकालिक या चिरन्तन विरोध

vendible वे॑न्डिबल *a* बेचने योग्य, विक्रेय

vendor वे॑न्डर *n* (esp. *law*) विक्रेता

veneer वि-निअर *n* & *vt* 1 (घटिया लकड़ी के ऊपर लगाने की) बढ़िया लकड़ी की पतली परत, ऊपरी सुन्दर परत, 2 *fig* ऊपरी चमक-दमक या सुन्दरता, (अच्छा लगने वाला) उपरी या दिखावटी रूप, मुलम्मा [a mere ~ of politeness]; *vt* 1 (बढ़िया लकड़ी आदि की) परत चढ़ाना, 2 *fig* ऊपरी चमक-दमक पैदा करना, ऊपर से आकर्षक बना देना, मुलम्मा चढ़ाना

venepuncture, veni- वे॑निपङ्क्चर *n* (*med*) (ख़ून निकालने या टीका लगाने के लिए) शिरा में छिद्र करना, शिराछिद्रण

venerability वे॑न-र-बिलिटि *n* आदरणीयता; **venerable** वे॑न-र-बल *a* आदरणीय, पूज्य, श्रद्धेय

venerate वे॑न-रेट आदरयोग्य समझना तथा आदर करना, पूज्य समझना, पूजा करना, श्रद्धा की दृष्टि से देखना, बहुत सम्मान करना

veneration वे॑न-रेशन *n* श्रद्धा या पूजा की भावना, समादर, परम सम्मान [to hold s.o. in ~]

venerator वे॑न-रेटर *n* श्रद्धालु, उपासक

venereal वि-निअ-रिअल *a* 1 रतिसंबंधी, संभोगसंबंधी, 2 रतिजन्य, **~ disease** रतिजन्य रोग, रतिज रोग, रतिरोग, 3 रतिरोगसंबंधी; **venereology** विनिअ-रि-ऑ॑लजि *n* रतिरोगविज्ञान

venesection, veni- वे॑निसे॑क्शन *n* शिरा काट कर ख़ून निकालना, शिराकर्तन

Venetian वि-नीशन *a* 1 इटली के वेनिस (Venice) नगर का, वेनिसी, 2 **~ blind** रस्सी खींचने से सिमट सकने वाली आड़ी पट्टियों की बनी चिक, झिलमिलीदार चिक, 3 **~ window** तीन पल्लों वाली खिड़की (जिसका बिचला पल्ला सबसे लंबा और ऊपर से गोल होता है, त्रिकपाट खिड़की

vengeance वे॑न्जंस *n* 1 प्रतिकार, प्रत्यपकार, प्रतिहिंसा, प्रतिशोध, बदला [to take, wreak, ~ on s.o.], 2 प्रतिकार की भावना, 3 **with a ~** (i) उचित मात्रा या कोटि से अधिक, अत्यधिक [It is raining with a ~], (ii) शब्द के असली अर्थ

में, यथार्थत: [This is punctuality with a ~]

vengeful वे`न्ज़्फ़ल *a* बदला या प्रतिशोध लेने वाला, प्रतिहिंसाशील, प्रतिशोधशील

venial वीनिअल *a* (of sin or fault) क्षम्य; हल्का, मामूली; ~**ity** वीनि-ऐलिटि, ~**ness** *nn* क्षम्यता

venison वे`न्ज़न, वे`निज़न *n* हिरन का मांस

venom वे`नम *n* 1 (सांप, बिच्छू आदि का) विष, 2 विष-जैसी कटुता या ईर्ष्या या द्वेष, विष [tongue, language, full of ~]; ~**ed** वे`नम्ड *a* विषैला, विषाक्त

venomous वे`न-मस *n* 1 विषैला, ज़हरीला [~ snake]; 2 *fig* विष-जैसा कटु, द्वेषपूर्ण [~ criticism]

venose वीनोस *a* (f. vein) बहुत सी नसों वाला, शिराबहुल; उभरी हुई नसों वाला

venosity वी-नॉ`सिटि *n* (f. foll) शिराबहुलता

venous वीनस *a* (f. vein) 1 शिरा का, शिरा में विद्यमान, शिरीय [~ blood], 2 शिराबहुल

vent^1 वे`न्ट *n* & *vt* & *i* 1 ~ (-hole) सूराख़, छिद्र; 2 हवा के आने-जाने का मार्ग; धुंआकश, 3 बांसुरी आदि का छिद्र, 4 तोप की नली का पिछला छिद्र (जहां से उसे दाग़ा जाता है), प्याला, 5 (कुछ जन्तुओं की) गुदा, 6 (ऊदबिलाव आदि का) सांस लेने के लिए पानी की सतह पर आना, ऊपर आना, 7 *fig* अभिव्यक्ति [to give ~ to one's anger etc; his anger found a ~]; *vt* 1 (पीपे आदि में) छिद्र करना, 2 (क्रोध, द्वेष आदि) खुल कर व्यक्त करना, निकालना [to ~ one's anger on s.o.], 3 *vi* (ऊदबिलाव का) पानी की सतह पर आना, ऊपर आना (see 6 above)

vent^2 *n* (in back or side of coat) चीर, चाक

ventage वे`न्टिज *n* बांसुरी आदि का छिद्र (=vent^1, 3)

ventilate वे`न्टिलेट *vt* 1 (कमरे आदि में) हवा के आने-जाने का रास्ता रखना, हवादार बनाना, 2 (रक्त को) साफ़ हवा से शुद्ध करना, 3 खुले आम विचार-विमर्श के लिए प्रस्तुत करना, सब के सामने रखना, खुले आम चर्चा करना [to ~ a question, grievance, etc]

ventilation वे`न्टि-लेशन *n* 1 (कमरे में) हवा के आने-जाने का रास्ता या प्रबन्ध; हवा का आना-जाना, वायुसंचार, संवातन, 2 सब के विचार के लिए प्रस्तुतीकरण, सार्वजनिक चर्चा [~ of a grievance]

ventilator वे`न्टिलेटर *n* 1 हवा के आने-जाने का मार्ग, वातायन, झरोखा, रोशनदान; 2 (कमरे, खान आदि में) हवा संचारित करने का यन्त्र, संवातक, पंखा

ventral वे`न्ट्रल *a* (*anat*, *zool*) उदर (पर) का, उदर-संबंधी, उदरदेशीय, उदर-, अधर-, अधरीय (opp. dorsal)

ventricle वे`न्ट्रिकल *n* 1 शरीर के भीतर का कोई खोखला भाग, ख़ाना, निलय, 2 हृदय के दो निचले ख़ानों में से एक [right, left, ~], 3 मस्तिष्क के चार खानों में से एक [~s of the brain]

ventricose वे`न्ट्रिकोस *a* 1 तोंद वाला, तुंदिल, 2 *bot* फूला हुआ, स्फीत

ventricular वे`न्-ट्रिक्युलर *a* (f. ventricle) 1 ख़ाने का, निलय का, 2 ख़ाने-जैसा, निलय-सदृश

ventriloquism वे`न्-ट्रिल-क्विज़म *n* बोलने का ऐसा ऐंद्रजालिक ढंग जिससे लगता है कि आवाज़ कहीं ओर-से आ रही है, असन्निहितवाणी, अन्यत्रवाणी, (पेटबोली)

ventriloquist वे`न्-ट्रिल-क्विस्ट *n* असन्निहितशब्दकार, अन्यत्रशब्दकार, पेटबोला

ventriloquize वे`न्-ट्रिल-क्वाइज़ *n* असन्निहितशब्द करना, पेटबोली बोलना, असन्निहितवाणी बोलना

ventriloquy वे`न्-ट्रिलक्वि *n* =ventriloquism

venture वे`न्चर *n* & *vi* & *t* 1 ख़तरे या साहस का काम, जोखिम; to be ready for any ~ कोई भी जोखिम उठाने को तैयार होना, 2 सट्टा [one lucky ~ made his fortune], 3 at a ~ (=at random) बिना सोचे-विचारे, अटकलपच्चू [to answer at a ~]; *vi* 1 हिम्मत करना, साहस करना [I ~ to differ from you]; to ~ out (of doors) बाहर जाने का साहस करना; to ~ into an unknown place अज्ञात स्थान में जाने का साहस करना; to ~ **(up)on** a new plan नई योजना शुरू करने का साहस करना, 2 *vt* **to ~ an opinion** मत व्यक्त करने का साहस करना, 3 जोखिम उठाना, का ख़तरा मोल लेना, की बाज़ी लगाना, जोखिम या ख़तरे में डालना [He ~d his life for the cause], 4 दांव पर रखना, दांव लगाना [I'll ~ a small bet on it]; *Prov*: **Nothing ~, nothing gain** (*or* **have** *or* **win**) बिना जोखिम उठाये कुछ नहीं मिलता; ~**r** *n* जोखिम उठाने वाला व्यक्ति: ~**some** *a* 1 (of person) जोखिम उठाने को तैयार, साहसी, 2 (of act) जोखिम का, संकटपूर्ण

venue वे`न्यू *n* 1 *law* मुकदमे की सुनवाई का स्थान या स्थल, **to change the** ~ (of a trial) सुनवाई की अदालत बदल देना (जिससे कि दंगे-फ़साद या ज्यूरी के पक्षपात की संभावना न रहे), 2 मिलने का निर्दिष्ट या नियत स्थान, मिलन-स्थान

venule वे`न्यूल *n* छोटी शिरा, शिरिका [*dim* of vein]

Venus वीनस *n* 1 (*Rom myth*) प्रेम की देवी, 2 शुक्र ग्रह (जो कि सौर परिवार का सबसे चमकदार ग्रह है), 3 कामवासना, 4 परम सुन्दरी

veracious व-रेशस *a* 1 सत्यवादी, सच्चा, 2 (of statement etc) सच, सच्चा, सत्य, यथातथ्य, ठीक,

सही; **~ly** *adv* सच-सच, ठीक-ठीक

veracity व-रैसिटि *n* 1 सत्यवादिता, सच्चाई, 2 सत्यता, सचाई, यथातथ्यता, 3 सच्ची बात, सच, सत्य

veranda(h) वरैन्ड: *n* बरामदा, बराण्डा, दालान [f. Hindi]

verb वर्ब *n* (*gram*) क्रिया, क्रियापद

verbal वर्बल *a* & *n* 1 शब्द या शब्दों का, शाब्दिक [a purely ~ distinction between two concepts], 2 अलिखित, जबानी, मौखिक, वाचिक [~ agreement, evidence, message, etc], 3 (of translation) एक-एक शब्द का, शब्दश: (किया हुआ), शाब्दिक, शब्द-; 4 क्रिया का, क्रिया से बना हुआ; क्रियार्थक, ~ **noun** क्रियार्थक संज्ञा (*e.g.* walking in 'Walking is good for health'); *n* 1 क्रियार्थक संज्ञा, 2 (वि० पुलिस को दिया गया) जबानी बयान

verbalism वर्बलिज़म *n* 1 शब्दों पर बारीकी से ध्यान देना, शब्दानुशीलन, शब्दों की या शाब्दिक समीक्षा, 2 शाब्दिक अभिव्यक्ति, कथन, उक्ति; 3 शब्दाडम्बर, शब्दजाल; **verbalist** वर्बलिस्ट *n* 1 शब्दों पर (न कि तथ्यों पर) ध्यान देने वाला, शब्द-समीक्षक, 2 शब्दों के प्रयोग में कुशल व्यक्ति

verbalize वर्बलाइज *vt* & *i* 1 संज्ञा को क्रिया बनाना, 2 शब्दों में व्यक्त करना, 3 *vi* आवश्यकता से अधिक शब्दों का प्रयोग करना

verbally वर्बलि *adv* जबानी (तौर पर); मौखिक रूप से

verbatim वर्-बेटिम *adv* & *a* शब्दश:, अक्षरश:, ज्यों का त्यों [Copy it ~]; *a* शाब्दिक, शब्दश: (कहा या लिखा हुआ) [a ~ report of the proceedings]

verbena वर्-बीन: *n* पौधा-विशेष, गंधबेन, गंधवेणु

verbiage वर्बिइज *n* जरूरत से अधिक शब्दों का प्रयोग, शब्दबाहुल्य, शब्दों की भरमार, शब्दजाल, शब्दाडम्बर

verbose वर्-बोस *a* 1 जरूरत से अधिक शब्द प्रयोग करने वाला, 2 शब्दबहुल; **~ness, verbosity** वर्-बॉसिटि *nn* शब्दबाहुल्य, शब्दाडम्बर

verdancy वर्डन्सि *n* (f. foll) 1 हरापन, 2 हरियाली

verdant वर्डन्ट *a* 1 (of grass etc) हरा; 2 (of field etc) हरा-भरा, सरसब्ज, 3 (of person) भोला-भाला, अनाड़ी, अनुभवहीन

verdict वर्डिक्ट *n* 1 (अदालत द्वारा सौंपे गये मामले के बारे में ज्यूरी का) निर्णय, फ़ैसला, मत, अधिमत [The jury returned a ~ of not guilty]; **open** ~ जिसमें अपराध के होने की पुष्टि की जाए परन्तु अपराधी का निश्चय न हो; **partial** ~ जिसमें अभियुक्त को अपराध के कुछ अंश के लिए ही दोषी ठहराया जाए; **special** ~ जिसमें अपराध-संबंधी तथ्य प्रस्तुत किए जाएं परन्तु उनसे निष्कर्ष निकालना अदालत पर छोड़ दिया जाये, 2 (किसी प्रकार का) निर्णय, फ़ैसला [the ~ of the public]

verdigris वर्डिग्रिस *n* तांबे या पीतल या कांसे का जंग (जो हरे या नीले रंग का होता है), जंगाल; तूतिया, नीला थोथा

verdure वर्जर *n* 1 (पेड़-पौधों का) हरापन, 2 हरे-भरे पेड़-पौधे, हरियाली, 3 *fig* ताजगी, स्फूर्ति

verdurous वर्जरस *a* गहरा हरा; खूब हरा-भरा

verge¹ वर्ज *n* 1 किनारा, सिरा, छोर [~ of the river, forest, etc]; 2 सीमा, हद; She was **on the verge of** (bursting into) tears उसके आँसू निकलने को ही थे; **on the ~ of war** युद्ध के सन्निकट; is on the ~ of 60 साठ वर्ष का हो चला है, 3 (फूलों की क्यारी, सड़क आदि के किनारे पर) घास की पट्टी; 4 (बिशप आदि के पद का सूचक) बल्लम, चोब (जिसे चोबदार उसके आगे लेकर चलता है)

verge² *vi* 1 झुकना, 2 की ओर झुकाव होना [The economy ~s **towards** inflation]; के निकट होना या पहुंचना [~s **towards** old age]; 3 **to ~ on** से लगा या सटा हुआ होना [our estate ~s **on** theirs]; के लगभग होना, की सीमा तक पहुंचना [boldness verging **on** impudence]

verger वर्जर *n* 1 गिरजे का परिचारक (जो लोगों को उनकी जगहों तक पहुंचाता है), गिरजादार, 2 बल्लमबरदार, चोबदार (see verge¹, 4)

veridical वि-रिडिकल *a* 1 सच्चा, सत्यवादी, 2 (*psych*, of visions etc) वास्तविक घटना के अनुरूप, यथातथ्य, सच्चा

veriest वेॅरि-इस्ट *superl* of very *adj*

verify वेॅरिफ़ाइ *vt* (verified) 1 की सचाई का पता लगाना, जांच करना [to ~ a statement]; मिलाना, मिलान करना [to ~ the figures, an account, etc], 2 (of evidence etc) सत्य प्रमाणित करना, पुष्टि करना [Subsequent events verified his suspicions], 3 (of person) किसी बात के सच होने की पुष्टि करना, सत्यापन करना, तसदीक करना

verifiable वेॅरिफ़ाइअ-बल *a* 1 जांच करने योग्य, 2 जिसे प्रमाणित किया जा सके, प्रमाणनीय, 3 सत्यापनीय

verification वेॅरि-फ़ि-केशन *n* 1 जांच, पड़ताल, (लेखा आदि का) मिलान, 2 प्रमाणन, प्रमाणीकरण, सत्यापन

verified वेॅरिफ़ाइड *a* 1 जिसका मिलान कर लिया गया हो, 2 प्रमाणित, 3 सत्यापित

verily वेॅरिलि *adv* (*arch*) सचमुच, वस्तुत:

verisimilar वेॅरि-सिमिलर *a* सच्चा लगने वाला, सत्य प्रतीत होने वाला, सत्याभासी, संभाव्य [~ tale]

verisimilitude वे॑रि-मि-मिलिट्यूड *n* 1 सत्य या वास्तविक प्रतीत होना, सत्याभास, संभाव्यता [the ~ of the tale], 2 सत्य प्रतीत होने वाला कथन आदि

veritable वे॑रि-ट-ब्रल *a* सचमुच का [~ boon, victory], वास्तविक, असली

verity वे॑रिटि *n* 1 सत्य कथन, सच्ची बात, (महत्त्वपूर्ण या बुनियादी) सचाई, 2 (कथन आदि की) सत्यता, सच्चाई, यथार्थता, 3 सचमुच की चीज, अस्तित्ववान् पदार्थ

verjuice वर्जूस *n* 1 जंगली सेबों या खट्टे अंगूरों का रस, 2 *fig* कटुता, कड़वाहट

vermeil वर्मिल *n* 1 मुलम्मा, 2 सिन्दूरी रंग का याकूत; 3 *poet* सिन्दूर

vermian वर्मिअन *a* कृमि का, कृमि-जैसा

vermicelli वर्मि-से॑लि *n* (इटालियन) सेवइं, सिवैंयां

vermicide वर्मिसाइड *n* कृमिनाशक, कृमिनाशी

vermicular वर्मिक्युलर *a* 1 कृमि के आकार का, कृमिरूप, कृमिवत्, 2 *med* आन्त्रकृमिजन्य, 3 लहरदार रेखाओं वाला, लहरियादार

vermiculate वर्-मिक्यु-लट *a* 1 = prec, 2 *fig* कृमियों का खाया हुआ, कृमियों से भरा हुआ

vermiculation वर्मिक्यु-लेशन *n* 1 कृमिरूप हो जाना; कीड़ों से खाया जाना, कृमिणता, कृमिलता, 2 लहरदार चिन्ह, लहरिया

vermilion वर्-मिल्यन *n* & *a* & *vt* सिन्दूर; सिन्दूरी रंग, *a* सिन्दूरी (रंग का), *vt* सिन्दूरी रंगना

vermin वर्मिन *n* (usu. treated as *pl*) 1 फ़सलों को नष्ट करने वाले छोटे-छोटे जीव-जन्तु (*e.g* चूहे, छछूंदर, उल्लू तथा कीड़े-मकोड़े), पीड़क जन्तु, 2 हानिकारक कृमि, 3 छोटे जीव-जन्तुओं का शिकार करने वाले जन्तु (*e.g.* लोमड़ी), 4 *fig* दुष्ट आदमी, बदमाश; ~**ous** *a* 1 पीड़क जन्तु-जैसा, पीड़क, हानिकारक, 2 पीड़क जन्तुओं या कृमियों से भरा हुआ, कृमिल, 3 कृमिकृत, कृमिज

verminate वर्मिनेट *vi* 1 कृमि आदि पैदा करना, 2 कृमियों से भर जाना

vernacular वर्-नैक्युलर *n* & *a* 1 देशी भाषा, देसी बोली; मातृभाषा; अपनी बोली; 2 देहाती बोली; वर्गविशेष की बोली; *a* 1 (of language, idiom, etc) देशी, देसी; 2 ~ **architecture** साधारण इमारतों (न कि गिरजों आदि) की वास्तुकला

vernal वर्नल *a* 1 वसन्त का, वासन्ती, वसन्तकालीन [~ flowers]; 2 ~ **equinox** (see equinox), 3 युवा, तरुण

vernation वर्-नेशन *n* (*bot*) खुलने से पहले पत्तियों का विन्यास, पर्णविन्यास, किसलयविन्यास (cf. aestivation)

veronica व-रो॑निकः *n* 1 पौधा-विशेष, 2 ईसा के चेहरे वाला कपड़ा; ईसा के चेहरे का चित्र

verruca वे॑-रूकः *n* (*pl* ~e) मस्सा, मुँहासा, कील, मासांकुर; **verrucose** वे॑रुकोस, **verrucous** वे॑रुकस *aa* मस्सेदार

versant वर्सन्ट *n* 1 ढालू भूमि; 2 (भूमि की) ढाल, ढलान

versatile वर्सटाइल *a* 1 कई तरह के काम कर सकने वाला [~ mind]; ~ **genius** बहुमुखी प्रतिभा; बहुविषयविशारद; ~ author विविध विषयों पर लिखने वाला, 2 (*bot*, *zool*) सब ओर मुड़ने वाला, मुक्तदोली [~ anther, head], ऊपर-नीचे हो सकने वाला [~ antennae, aerial]; 3 परिवर्तनशील, अस्थिर, चंचल

versatility वर्स-टिलिटि *n* 1 बहुमुखी योग्यता या प्रतिभा, 2 (*bot*, *zool*) मुक्तदोलिता (see prec 2)

verse वर्स *n* 1 कविता, काव्य, पद्य, 2 छन्द, वृत्त, 3 कविता का खंड, चरण, कड़ी, पद, श्लोक आदि [quoted some verses of the Gita], 4 बाइबिल के अध्याय का खण्ड, अनुवाक्य, **to give chapter and verse (for sth)** (किसी कथन या उक्ति का) ठीक-ठीक प्रसंग बताना (also see chapter, 2)

versed^1 वर्स्ट *a* 1 प्रवीण, योग्य, विशारद, पंडित [well ~ **in** a subject]; 2 अनुभवी, कुशल, सिद्धहस्त [well ~ **in** an art, occupation, etc]

versed^2 *a* उल्टा; (*trig*) ~ sine शरज्या; ~ cosine शरकोज्या

versicle वर्सिकल *n* 1 लघु पद्य, 2 गिरजे की प्रार्थना के उन वाक्यों में से एक जिन्हें पहले पादरी और उसके बाद लोग बोलते हैं, अनुवाक्य

versicoloured वर्सि-कलर्ड *a* 1 रंग-बिरंगा, 2 (विभिन्न रंगों के प्रकाश में) रंग बदलने वाला

versification वर्सिफ़ि-केशन *n* 1 पद्यरचना, 2 पद्यरूप, 3 छन्द, वृत्त

versify वर्सिफ़ाइ *vt* & *i* 1 (गद्य को) पद्य में परिणत करना, छन्दोबद्ध करना; 2 *vi* कविता लिखना या करना

version वर्शन *n* 1 अनूदित रूप, अनुवाद, भाषान्तर, 2 (व्यक्ति-विशेष के दृष्टिकोण से घटना आदि का) वर्णन, कथन, बयान; official ~ सरकारी बयान; 3 बदला हुआ रूप, रूपान्तर, रूप [a modern ~ of *Ras Leela*]

vers libre F वे॑अर् लीब्र *n* मुक्त छन्द (=free verse)

verso वर्सो *n* 1 (खुली पुस्तक का) वाम पृष्ठ; बायां पृष्ठ, 2 पन्ने की उल्टी तरफ़ (*opp* recto), 3 सिक्के की पिछली तरफ़, विलोम, पट

versus वर्सस *L. prep* (*abbr* **v.** *or* **vs.**) 1 *sport* विरुद्ध, के मुकाबले पर [Delhi ~ Mohan Bagan]; 2 *law* बनाम [Ramesh ~ Divakar], 3 के मुकाबले में, प्रति, बनाम [dictatorship ~ democracy]

vert वर्ट *n* 1 पेड़-पौधे, 2 पेड़-पौधों को काटने का अधिकार

vertebra वर्‌टिब्र: *n* (*pl* ~e) रीढ़ की हड्डी का खंड, कशेरुक, कशेरुका; in *pl* रीढ़ की हड्डी, मेरुदण्ड; **vertebral column** वर्‌टिब्रल कॉलम *n* मेरुदण्ड

vertebrate वर्‌टिब्रेट *a* & *n* रीढ़ की हड्डी वाला, मेरुदण्डयुक्त, रीढ़दार, कशेरुकी; *n* रीढ़दार प्राणी

vertebration वर्‌टि-ब्रेशन *n* 1 कशेरुकों में विभाजित होना, (कशेरुक-सदृश) खंडों में विभाजन, 2 *fig* दृढ़ता

vertex वर्‌टेक्स *n* (*pl* -tices, ~es) 1 सब से ऊंचा बिन्दु, सिरा, शिरोबिन्दु, चोटी, शिखर, 2 *anat* चाँद, 3 *geom* शीर्षबिन्दु

vertical वर्‌टिकल *a* & *n* 1 खड़ा, सीधा, लम्ब, ऊर्ध्वाधर, ~ section खड़ी काट; 2 चोटी का, शिखर का, शीर्षस्थानीय, 3 *anat* चाँद का, 4 नीचे से ऊपर तक का; ~ **take-off** (विमान की) एकदम ऊंची उड़ान; *n* 1 लम्ब, लम्ब रेखा, 2 लम्ब स्तर, लम्बवृत्त; **out of the** ~ जो सीधा या लम्ब न हो, लम्ब से हट कर, (ऊंचाई में) टेढ़ा (also see perpendicular, 3)

verticil वर्‌टिसिल *n* (*bot*, *zool*) (डंडी के इर्द-गिर्द पत्तों का, अक्ष के इर्द-गिर्द अवयवों का) चक्र, चक्रक; ~**late** वर्‌-टिसि-लट *a* चक्राकार, चक्रवत्, चक्री

vertiginous वर्‌-टिजिनस *a* (f. foll) 1 जिसे चक्कर, आ गया हो, 2 चक्कर लाने वाला [~ staircase], 3 घूमता हुआ, घूमने वाला, परिभ्रमी [the ~ action of a top]

vertigo वर्टिगो, वर्टाइगो *n* (सिर में आने वाला) चक्कर घुमड़ी, घुमटा

vervain वर्‌वेन *n* (तावीज़ के तौर पर प्रयुक्त होने वाला फूलदार) पौधा-विशेष

verve वर्व *n* (वि० कला या साहित्यिक काम में) उत्साह, जोश, बल, ओज [to play, act, with ~]

very वेँरि *a* & *adv* 1 the, this, that, etc ~ वही, बिल्कुल वही [He is the ~ man I am looking for]; बिल्कुल, ऐन [This is the ~ heart of the matter]; at that ~ moment उसी क्षण (में); 2 असली, सच्चा, सचमुच का, The veriest fool knows it मूर्ख से मूर्ख आदमी भी यह जानता है; 3 मात्र, ही, The ~ thought of it is distressing इसका विचार(मात्र) ही दु:खद है; (*adv*) 1 बहुत, अति, निहायत [~ good]; अत्यन्त, अतिशय, नितान्त, 2 (*as intensive emphasizing superlatives, stressing identity, etc*) पूरा-पूरा, बिल्कुल [I did **my** ~ best; this is the ~ same man]; 3 **not very** (i) मामूली, (ii) बिल्कुल नहीं, 4 **very good**, **very well** (*showing consent or approval*) जी हां, बहुत अच्छा

Very lights वेँरि लाइट्स (*mil*) (युद्धक्षेत्र में थोड़ी देर प्रकाश डालने के लिए) पिस्तौल से छोड़े गये लूका आदि (see flare^{2}, 4);; **Very pistol** संकेत करने या थोड़ी देर प्रकाश डालने का पिस्तौल [named after inventor *E.W. Very*]

vesica वि-साइक: *n* (*anat*, *zool*) 1 मूत्राशय, 2 ~ **piscis**, ~ **piscium** (सन्तों के मध्ययुगीन, चित्रों या मूर्तियों के सिर के इर्द-गिर्द बना) अण्डाकार प्रभामण्डल; **vesical** वेँसिकल *a* मूत्राशय का; मूत्राशय के आकार का, अण्डाकार

vesicant वेँसिकन्ट *a* & *n* छाले डालने वाला (पदार्थ), फफोलाकारी; **vesicate** वेँसिकेट *vt* छाले या फफोले डाल देना; **vesicatory** वेँसिकेटरि *a* & *n* = vesicant

vesicle वेँसिकल *n* 1 (*anat*, *zool*) छोटा आशय, थैली, कोश, पुटी, पुटिका, 2 *path* छाला, फफोला, 3 *geol* (गैस आदि के कारण चट्टान में बना) छोटा गड्ढा, गर्त

vesicular वि-सिक्युलर *a* (f. prec) 1 थैली या कोश या फफोले या गड्ढे-जैसा, 2 कोशमय, पुटिकामय; गर्तमय

vesper वेँस्पर *n* 1 **Vesper** शुक्र (तारा), सान्ध्य तारा, 2 *poet* सन्ध्या, 3 (*eccl*, in *pl*) सन्ध्याकालीन प्रार्थना या उपासना या पूजा

vespertine वेँस्पर्‌टाइन *a* 1 सन्ध्याकालीन, सांध्य (~ stillness); 2 (*bot*, of flower) संध्यासमय खिलने वाला; *astron* सूर्यास्त के समय अस्त होने वाला

vespiary वेँस्पिअरि *n* भिड़ों का छत्ता

vessel वेँसल *n* 1 जहाज, पोत, जलयान, 2 पात्र, बर्तन, बरतन, भांडा, 3 *anat* नाली जिसमें रुधिर या कोई रस भरा रहता है या बहता है, नाली, वाहिका, वाहिनी; **blood** ~ शिरा, धमनी, नाड़ी, रग, नस; 4 *bot* रसवाहिनी, रग, नस; 5 (किसी गुण का पात्र) व्यक्ति; **weak** ~ अविश्वसनीय व्यक्ति, **weaker** ~ नारी

vest^{1} वेँस्ट *n* 1 नीचे पहनने का चुस्त कपड़ा, कुरती, बनियान, 2 वास्कट

vest^{2} *vt* & *i* 1 (esp. in *pass*) (अधिकार आदि) देना, प्रदान करना, सौंपना [to ~ s.o. with authority, powers, an inheritance, etc; to ~ authority etc **in** s.o.]; to be vested in को प्राप्त या उपलब्ध होना, में निहित होना [authority vested **in** the people]; 2 **vested interest, right,** etc (i) वह परम्परागत स्थायी अधिकार जिससे किसी व्यक्ति या वर्ग को विशेष लाभ होता हो, निहित अधिकार; (ii) **vested interests** ऐसे व्यक्ति या वर्ग जो देश की आर्थिक या व्यावसायिक व्यवस्था पर हावी हों, निहित स्वार्थ (वाले व्यक्ति या वर्ग), निहितस्वार्थी, 3 *poet* वस्त्र पहनाना, ढकना, आवृत करना, सज्जित करना, 4 *vi* (of property, right, etc) to ~ **in s.o.** को प्राप्त या उपलब्ध होना; **vesting day** (अधिकार आदि) प्राप्त होने का दिन

Vesta वे´स्ट: *n* (*Rom. myth*) **1** गृहस्थ के चूल्हे की देवी, गृहदेवी, **2 v~** दियासलाई, **wax v~** मोम की दियासलाई

vestal वे´स्टल *a* & *n* (f. prec) गृहदेवी का; *n* ~ **(virgin)** रोमन गृहदेवी की आजन्म कुमारी रहने वाली छ: पुजारिनों में से एक; *fig* सती (स्त्री), (ईसाई) साध्वी

vestiary वे´स्टिअरि *n* = vestry; *a* वेश का, वेश-संबंधी

vestibule वे´स्टिब्यूल *n* भवन में प्रवेश करने के बाद वह स्थान या कमरा जहां शेष कमरों में जाने के दरवाजे होते हैं, ड्योढ़ी; ~ **train** (U.S.) गलियारेदार गाड़ी; ~ **school** (U.S.) श्रमिक-प्रशिक्षण स्कूल

vestige वे´स्टिज *n* **1** (लुप्त वस्तु का) निशान, चिन्ह, अवशेष [~s of the Indus valley civilization], **2** तनिक मात्रा, लव, लेश [not a ~ of evidence], **3** *biol* अंग जो पूर्वजों में विकसित था और अब बेकार हो गया हो, अंगावशेषरूप, अवशेषांग

vestigial वे´स्-टिजिअल *a* (f. prec, 3) अवशेषरूप, अवशेषमात्र, अवशिष्ट [~ tail]

vestiture वे´स्टिचर *n* **1** = investiture, **2** वस्त्र, पोशाक, परिधान

vestment वे´स्ट्मन्ट *n* (पद-विशेष की) पोशाक, (यज्ञ, पूजा आदि की) पोशाक, वेश, औपचारिक परिधान

vestry वे´स्ट्रि *n* (in church) वस्त्रागार, वस्त्र-कक्ष

vesture वे´स्चर *n* & *vt* (*poet*, *rhet*) वस्त्र या पोशाक या परिधान (पहनाना); आवृत करना

vet^1 वे´ट *n* (*colloq*) **1** = veteran; **2** = veterinarian, **3** = veterinary

vet^2 *vt* (-tt-) (*colloq*) **1** (पशु की) चिकित्सा करना; डाक्टरी परीक्षा करना, **2** जांच-पड़ताल करना, परीक्षा करना [to vet a scheme, candidate]; **3** (लेख आदि) ठीक-ठाक करना, अशुद्धियां दूर करना, संशोधन करना

vetch वे´च *n* मटर-जाति का पौधा; **common ~** मोठ

veteran वे´ट्रन *n* & *a* **1** व्यक्ति जो कोई काम करते-करते बूढ़ा हो गया हो, चिर-अनुभव-प्राप्त व्यक्ति, अनुभवी व्यक्ति, **2** पुराना सिपाही, अनुभवी सैनिक, भूतपूर्व सैनिक; **V~'s Day** 11 नवम्बर, *a* अनुभवी, चिरानुभवी [~ journalist, golfer, politician, etc]

veterinarian वे´ट्रि-ने´अ-रिअन *n* पशुचिकित्सक, शालिहोत्री, सलोत्री

veterinary वे´ट्रि-नरि *a* & *n* **1** पशुरोग-संबंधी, पशुचिकित्सा-संबंधी, **2** पशुचिकित्सा करने वाला, ~ **surgeon** शालिहोत्री; *n* शालिहोत्री

vetiver वे´टिवर *n* खस, खसखस (= cuscus)

veto वीटो *n* (*pl* -es) & *vt* **1** सदन के प्रस्ताव या निर्णय या बिल आदि को अस्वीकार करने का अधिकार, निषेधाधिकार, वीटो; **suspensive ~** स्थगनकारी वीटो, **2** निषेध, मनाही; **to put a, one's, ~ on a** proposal etc किसी बात का निषेध करना, मना करना, रोक देना, *vt* निषेध करना, रोक देना, **3** अस्वीकार करना; to ~ a bill etc बिल पर विचार न होने देना, विचार करने का निषेध करना, बिल अस्वीकार कर देना

vex वे´क्स *vt* **1** नाराज करना, अप्रसन्न करना, खिजाना; **2** तंग करना, परेशान करना, **3** to be ~ed **with** s.o. किसी से नाराज होना; to be ~ed at sth किसी बात पर खीजना या झुंझलाना; **~ed** *adj* **a ~ed question** बहुत वाद-विवाद होने पर भी जिसका निर्णय न हुआ हो, कठिन एवं विवादग्रस्त प्रश्न

vexation वे´क्-सेशन *n* **1** नाराजगी, अप्रसन्नता, खीज, झुंझलाहट, **2** खिजाने वाली बात, मुसीबत, कष्ट [constant ~s from our neighbours]

vexatious वे´क्-सेशस *a* **1** खिजाने वाला, खिजाऊ, तंग करने वाला, परेशान करने वाला, दु:खदायी, कष्टप्रद; **2** (मुकदमा आदि) जिस का पर्याप्त आधार न हो और जो प्रतिवादी को परेशान करने के लिए ही दायर किया गया हो

vexillum वे´क्-सिलम *n* (*pl* -lla) **1** रोम का सैनिक झंडा; **2** ऐसे झंडे तले रहने वाली सैनिक टुकड़ी

via वाइअ *prep* & *n* के रास्ते से, बरास्ता, से होकर [to Calcutta via Patna]; के माध्यम से [sent it via his P.A.], *n* मार्ग; **via media** मध्य (या मध्यम) मार्ग, बीच का रास्ता; समझौते की पद्धति या तरीका

viability वाइअ-बिलिटि *n* (see foll) **1** जीवनयोग्यता, जीवनक्षमता, **2** (of seed) अंकुरणक्षमता, **3** आत्मनिर्भरता, **4** (of plan etc) आर्थिक दृष्टि से व्यावहारिकता

viable वाइअ-बल *a* **1** (गर्भस्थ या नवजात शिशु) जो जीवित रह सके, जीवनक्षम; **2** (of seed) जो उग और बढ़ सके, अंकुरणक्षम, **3** (of plant, animal, etc) जो जलवायुविशेष में जीवित रह सके, **4** (of plan etc) आर्थिक दृष्टि से साध्य या व्यवहार्य, जिसके लिए आर्थिक साधन सुलभ हों, (of State) आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर

viaduct वाइअ-डक्ट *n* **1** (घाटी या नीची जमीन के आर-पार बना) सड़क या रेल का लंबा पुल, सेतु, **2** पुल पर की सड़क या रेल-पथ

vial वाइअल *n* छोटी शीशी; **to pour out ~s of wrath** गुस्सा निकालना, वैर निकालना

viand वाइअन्ड *n* (usu. in *pl*) खाद्यसामग्री

viaticum वाइ-ऐटिकम *n* (*pl* ~ca) 1 सफ़र-ख़र्च, यात्रा-भत्ता, 2 *eccl* मुमूर्षु व्यक्ति को दिया जाने वाला प्रसाद या भोजन

vibrant वाइब्रन्ट *a* 1 दोलायमान, हिलता हुआ, स्पन्दमान, 2 (of sound) गूंजता हुआ, गुंजायमान, 3 अदम्य उत्साह (और बल) से भरा हुआ, जोशीला, 4 उत्साह भरने वाला, जोश दिलाने वाला

vibrate वाइ-ब्रेट *vi* & *t* 1 आगे-पीछे या ऊपर-नीचे होना, झूलना, बराबर हिलता रहना, स्पन्दित होना, (of fluid) लहराना, 2 *phys* दोलायमान होना; 3 (of sound) गूंजना, 4 (मनोवेग के कारण) फड़कना, लरजना, कांपना [voice vibrating with emotion]; रोमांचित होना, पुलकित होना, सिहरना, 5 *vt* हिलाना, दोलायमान करना, स्पंदित करना; कंपाना

vibratile वाइब्रटाइल *a* कंपनशील

vibration वाइ-ब्रेशन *n* 1 कंपन, स्पन्दन, थरथराहट, (in fluid) लहराव; लहर, तरंग, 2 *phys* दोलन

vibrato वी-ब्राटो *n* (*mus*) गिटकिरी, प्रकंपन

vibrator वाइ-ब्रेटर *n* 1 हिलाने-डुलाने वाला, कम्पित्र, 2 *med* मालिश या मर्दन करने का यन्त्र, अंगमर्दक

vibratory वाइ-ब्रेटरि *a* 1 कंपनात्मक, 2 कंपनकारी; 3 कंपायमान

vibrissa वाइ-ब्रिस: *n* (*pl* ~e) 1 कुछ जानवरों के मुँह के पास के कड़े बाल (*e.g.* बिल्ली की मूँछ), 2 (मनुष्यों के) नाक के बाल

vicar विकर *n* (ग्राम-)पादरी; Vicar of (Jesus) Christ पोप; ~**age** विकरिज *n* 1 पादरी का पद, पादरी की वृत्ति; 2 पादरी-निवास

vicarial वि-कॅअ-रिअल *a* पादरी का, पादरी-संबंधी

vicarious वि-कॅअ-रिअस *a* 1 दूसरे को सौंपा हुआ, प्रतिनिहित [~ authority]; 2 दूसरे के लिए या दूसरे के स्थान पर किया हुआ, परार्थकृत, परोपकारार्थ; प्रतिस्थानिक [~ work]; ~ **suffering** (esp. of Christ in place of a sinner) दूसरे की ख़ातिर या दूसरे के स्थान पर भोगा गया दुःख; परार्थ या प्रतिस्थानिक दुःखभोग, ~**ly** *adv* दूसरे की जगह पर; स्थानापन्न-रूप में, प्रतिनिधिरूप में

vice^1 वाइस *n* 1 बुरी आदत, व्यसन, दुर्व्यसन, लत [Drinking is a ~]; अवगुण, दुर्गुण, ऐब [has the ~ of gluttony], 2 (in style etc) दोष, त्रुटि, 3 पाप, दुराचार, दुष्कर्म, कुकर्म, दुराचार, व्यभिचार, वेश्यावृत्ति आदि, ~ **squad** वेश्यावृत्ति-निरोधक (पुलिस-)दस्ता, 4 (घोड़े की) अड़ जाने की आदत

vice^2 *n* & *vt* (वि० तरखान या लोहार आदि का बेंच पर लगा हुआ) कसने का यन्त्र, शिकंजा, बांक; *vt* शिकंजे में पकड़ना या दबा रखना या कसना

vice^3 *prep* के स्थान पर [Mr. A elected Secretary vice Mr. B resigned]

vice^4 *pref.* उप-, ~-**admiral** उपनौसेनापति, उपनौसेनाध्यक्ष, ~-**chancellor** उपकुलपति, ~-**consul** उपवाणिज्यदूत; ~-**president** उपराष्ट्रपति; उपप्रधान, उपाध्यक्ष

vicegerent वाइस्-जॅरन्ट *n* (वि० सम्राट् आदि का) प्रतिनिधि

vicennial वाइ-सॅनिअल *a* बीस वर्ष बाद आने वाला, बीस वर्ष तक रहने वाला, विंशतिवार्षिक, विंशतिवर्षीय

vicereine वाइस्रेन *n* 1 वाइसराय की पत्नी; 2 महिला वाइसराय, वाइसराइन

viceroy वाइस्रॉइ *n* उपनिवेश आदि में सम्राट् के प्रतिनिधिरूप में शासन करने वाला, सम्राट् का प्रतिनिधि, वाइसराय; ~**alty** वाइस्-रॉइल्टि *n* वाइसराय का पद

vice versa L वाइस्-वर्स: *adv* (पूर्व कथन में आये दो पदों का) परस्पर क्रम बदल कर, विपरीत क्रम से, विपरीतत: [She hates him and vice versa; *i.e.* he hates her]

vicinage विसिनिज *n* 1 पड़ोस, आस-पास का इलाका, पास-पड़ोस, 2 पड़ोस के लोग, पड़ोसी; पड़ोसियों का पारस्परिक संबंध

vicinal विसिनल *a* निकटवर्ती; आस-पास का, स्थानीय

vicinity वि-सिनिटि *n* 1 आस-पास का इलाका, प्रतिवेश, परिवेश, पड़ोस, **in the** ~ (of) (के) पड़ोस में, (के) निकट, 2 (स्थान या संबंध की) निकटता, नज़दीकी [~ **to** a place or person]

vicious विशस *a* 1 बुरा, ख़राब [~ habits], 2 भ्रष्ट, पतित, पापमय, पाप का [~ life]; 3 दुश्चरित्र, भ्रष्ट, पतित, नीच, दुराचारी, दुष्ट [~ companions], 4 (of language, document, reasoning, etc) जो ठीक न हो, ग़लत, अशुद्ध, दोषपूर्ण, त्रुटिपूर्ण, 5 द्वेषपूर्ण, दुर्भावपूर्ण, शरारतभरा [~ criticism, remarks, etc]; (of person) बदमिज़ाज, 6 (of horse) अड़ियल, 7 ~ **circle** दुश्चक्र (see circle^1, 5); ~ **spiral** = vicious circle

vicissitude वि-सिसिट्यूड *n* 1 परिवर्तन, 2 परिस्थितियों का परिवर्तन, उतार-चढ़ाव; the ~s of fortune भाग्यपरिवर्तन, भाग्यविपर्यय, दिनों का फेर, अच्छे-बुरे दिन, सुख-दुःख; **vicissitudinous** विसिसि-ट्यूडिनस *a* बदलता रहने वाला, परिवर्तनशील

victim विक्टिम *n* 1 बलि, बलि-पशु, बलि का बकरा, 2 हानि या कष्ट उठाने वाला व्यक्ति, पीड़ित व्यक्ति; मारा जाने वाला व्यक्ति, शिकार [~ of an accident; he fell a ~ to his own avarice, to her charms]; 3 ठगा जाने वाला व्यक्ति, शिकार; 4 (animal) अहेर, शिकार

victimization विक्टिमाइ-ज़ेशन *n* (see foll., esp. 3) उत्पीड़न

victimize विक्टिमाइज़ *vt* 1 शिकार बनाना, 2 ठगना, मूंड़ना, उल्लू बनाना, 3 (हड़ताली कर्मी या नेता आदि को) दण्ड देना, नौकरी से हटाना, बरख़ास्त करना, (किसी प्रकार का) दुर्व्यवहार करना

victor विक्टर *n* (*rhet*) (युद्ध या प्रतियोगिता में) विजेता

victoria विक्-टॉरिआ *n* 1 (दो सवारियों के लिए) चौपहिया घोड़ा-गाड़ी; 2 **V~ Cross** (ब्रिटेन का) वीरतापदक [founded by Queen Victoria in 1856]

Victorian विक्-टॉरिअन *a* & *n* महारानी विक्टोरिया के शासनकाल (1837-1901) का, [V~ poets, architecture, etc]

victorious विक्-टॉरिअस *a* 1 विजयी [~ army]; 2 विजय का [~ day]; विजय-संबंधी

victory विक्टरि *n* युद्ध या प्रतियोगिता में सफलता, जय, विजय, जीत, फ़तह

victual विटल *n*, *vt* & *i* (-ll-) (usu in *pl*) रसद, खाद्य-सामग्री, ख़ुराक; *vt* 1 रसद देना या पहुंचाना, में रसद भरना [to ~ a ship], 2 *vi* रसद एकत्र करना, 3 भोजन करना

victualler विट्लर *n* 1 रसद-विक्रेता, 2 (दूसरे जहाज़ों को) रसद पहुँचाने वाला जहाज, रसदवाहक पोत

vide L वाइडि, वीडे *imperat.* देखो, देखिए, ~ supra उपरिलिखित (या पूर्वोल्लिखित) देखिए

videlicet L वि-डे`लिमे`ट *adv* = viz अर्थात्, यानी

video विडिओ *n* (*pl* ~S) & *a* 1 टेलिविज़न, दूरदर्शन, 2 वीडियो, *adj.* ~ phone सचित्र टेलिफ़ोन (जिसमें बोलने वाले का चित्र दिखाई देता है), ~ tape *n* & *vt* टेलिविज़न-टेप (बनाना)

vidimus वाइडि-मस *n* 1 लेखा-निरीक्षण, 2 लेखे की प्रामाणिक प्रति

vie वाइ *vi* (~d; vying) से आगे बढ़ने की कोशिश करना, होड़ करना, स्पर्धा करना [to vie **with** s.o. **in** politeness etc, **in doing** sth]

view^{1} व्यू *n* 1 निरीक्षण, अवलोकन, दर्शन, झांकी; दृष्टिपात, नज़र, निगाह, at first ~ पहली नज़र में; 2 दृष्टिक्षेत्र, दृष्टिसीमा, दृष्टिगोचर प्रदेश; **in view** दृष्टिगोचर (also see 6 below), **came into ~** दिखाई दिया, दृष्टिगोचर हुआ; passed from our ~ हमारी नज़रों से ओझल हो गया; 3 दृश्य, नज़ारा, झांकी, चित्र; a superb ~ भव्य दृश्य, शानदार नज़ारा; 4 विचार (करने का ढंग), मत, राय, दृष्टिकोण, दृष्टि; He takes a different ~ उसका मत या दृष्टिकोण भिन्न है, [I take the ~ that they are the aggressors], in my ~ मेरे विचार में, मेरी राय में; **5 in view** (i) दृष्टिगोचर [The temple is in ~]; to keep sth in ~ आँखों से ओझल न होने देना; (ii) विचाराधीन, ध्यान में, **to have sth in ~** का ख़्याल करना या रखना, उद्देश्य होना, इरादा रखना [I have her happiness in ~]; **6 in view of** (i) को देखते हुए, को ध्यान में रखते हुए, के कारण [in ~ of these facts, it seems useless to detain him], (ii) I came in ~ of the temple मुझे मन्दिर दिखाई दिया; the priest stood in full ~ of the people पुजारी लोगों के सामने ऐसे खड़ा था कि वे उसे अच्छी तरह (या आपादमस्तक) देख सकें; **7 on view** प्रदर्शनार्थ प्रस्तुत, प्रदर्शित; **8 with a view to; with a** (*or* **the**) **~ of** की आशा या के इरादे या उद्देश्य से [with a ~ to reaching a compromise], 9 *comb*: **~finder** कैमरे का वह भाग जिससे यह पता चलता है कि फ़ोटो में क्या कुछ आयेगा; दृश्यदर्शी; **~point, point of ~** दृष्टिकोण

view^{2} *vt* & *i* 1 देखना, अवलोकन करना, सर्वेक्षण करना, 2 सोचना, विचार करना [The subject may be ~ed in various ways]; 3 समझना, विचार या मत या राय होना [He doesn't ~ the matter in the same light], 4 (किराये पर लेने या ख़रीदने से पहले मकान को) अच्छी तरह देखना, 5 *vi* टेलिविज़न देखना

viewer व्यू-अर *n* 1 देखने वाला, दर्शक, प्रेक्षक; विचार करने वाला, विचारक, 2 (टेलिविज़न-) प्रेक्षक, 3 *colloq* = viewfinder

viewless व्यूलिस *a* 1 जिसकी कोई राय न हो, मतविहीन, 2 *poet* अदृश्य

viewy व्यूइ *a* (*colloq*) विचित्र मत रखने वाला

vigil विजिल *n* 1 esp in *pl* (पूजा या चौकीदारी आदि के लिए रात में) जागरण, रात्रि-जागरण, रतजगा, जागा, 2 चौकीदारी, पहरा, 3 **to keep ~** (i) रात में जागना, रात्रिजागरण करना, (ii) (रात में) पहरा देना

vigilance विजिलन्स *n* चौकसी, ख़बरदारी, सावधानी, सतर्कता, होशियारी, निगरानी, देख-रेख; **~ committee** सतर्कता-समिति, निगरानी-समिति

vigilant विजिलन्ट *a* जो इस बात का ख़्याल रखे कि कोई संकट उपस्थित होने वाला तो नहीं है, (ख़तरे के प्रति) जागरूक, सावधान, सतर्क, चौकस, ख़बरदार, होशियार, चौकन्ना

vigilante विजि-लैन्टि *n* निगरानी-समिति का सदस्य, निगरान

vignette F वी-न्येॅट *n* & *vt* 1 बड़े अक्षर के इर्द-गिर्द बने बेल-बूटे, गुलकारी; 2 (पुस्तक के मुखपृष्ठ पर, अध्याय के आदि या अन्त में बना) हाशिया-रहित चित्र; 3 सिर से कन्धे तक का चित्र जिस के किनारे अस्पष्ट हों, विसृत (या विसरित) चित्र, वीन्येत; कोई सुन्दर लघु चित्र; 4 *fig* संक्षिप्त वर्णन, सुन्दर शब्दचित्र, संक्षिप्त चरित्रचित्रण; *vt* (व्यक्ति

का) विसरित चित्र बनाना।

vigorous विगरस *a* 1 बलवान्, बलिष्ठ, हट्टा-कट्टा, तगड़ा, 2 (of plant) जो अच्छी तरह बढ़ रहा हो, वर्द्धिष्णु, 3 जिस में बल की अपेक्षा हो, जिसमें ज़ोर लगे; ज़बरदस्त, प्रबल [~ efforts], 4 हिम्मत से काम करने वाला, हिम्मती, साहसी, 5 (of style) ओजस्वी, ज़ोरदार, जानदार; ~ly *adv* पूरे ज़ोर से, बलपूर्वक, साहसपूर्वक

vigour विगर *n* 1 बल, ताकत, शक्ति, 2 जीवनी शक्ति, सत्त्व, जान; (पौधे की) बढ़ने की शक्ति, वर्द्धिष्णुता, जान, 3 (in literary style) ओज, बल, ज़ोर, जान

vile वाइल *a* 1 नीच, कमीना, पतित, गिरा हुआ, अधम [the vilest of men], 2 लज्जाजनक, घृणित, गर्हित, जघन्य, ज़लील [~ servitude], 3 (*arch*) निकम्मा, घटिया, 4 *colloq* बहुत ख़राब, गन्दा [~ weather, odour], 5 ~ **language** अश्लील भाषा, दुर्वचन, गाली

vilification विलि-फ़ि-केशन *n* (see foll.) बदनामी, a campaign of ~ ख़ामख़ाह बदनाम करने का अभियान

vilify विलिफ़ाइ *vt* अकारण निन्दा करना, ख़ामख़ाह बदनाम करना, झूठा (या निराधार) कलङ्क लगाना

villa विल: *n* 1 (नगर या उपनगर में) चारों तरफ़ से खुला या केवल एक तरफ़ से जुड़ा हुआ मकान, बंगला, कोठी, 2 (गाँव में) बहुत बड़ा बंगला, ग्राम-भवन

village विलिज *n* 1 गांव, ग्राम, देहात, मौज़ा, 2 गांव के लोग, ग्रामनिवासी; **villager** विलिजर *n* ग्रामनिवासी, ग्रामीण, देहाती

villain विलन *n* 1 बदमाश, गुण्डा, पाजी, हरामज़ादा, 2 (नाटक में) खलनायक [the ~ of the piece], 3 (*colloq.*, without imputation of badness) बदमाश, दुष्ट, पाजी [You little villain!]; *fem* ~ess विल-निस *n* खलनायिका

villainous विल-नस *a* 1 क्रूर, नीच; क्रूरता का, नीचता का, गिरा हुआ [~deed], 2 बदमाश-जैसा, गुण्डे-जैसा [~ face]; 3 (*colloq*) बहुत ख़राब [~ weather]

villainy विल-नि *n* बदमाशी, शरारत, हरामज़दगी, पाजीपन, दुष्टता, नीचता

villein विलिन *n*=serf

villose, -ous विलोस, विलस *aa* (f. foll.) 1 रसाङ्कुर-युक्त, 2 रोमसदृश; रोमयुक्त, रोयेंदार, दीर्घरोमी

villus विलस *n* (*pl* **villi** विलाइ)1 *anat* झिल्ली पर उगने वाला बाल-जैसा प्रवर्ध, उद्वर्ध, अंकुर, रोमांकुर, रसांकुर, 2 (*bot*, in *pl*) रोआँ, रोएँ, दीर्घरोम

vim विम *n* (*colloq*) 1 उत्साह, जोश, स्फूर्ति, 2 बल, ताकत, ज़ोर

vinaceous वाइ-नेशस *a* 1 अंगूर-जैसा, अंगूरी, 2 लाल (शराब के रंग का)

vinaigrette विनि-ग्रेट *n* 1 (मूर्छा या सिर-दर्द आदि में) सूंघने की दवा की शीशी; 2 ~ (sauce) सिरके आदि की चटनी

vincibility विन्सिबिलिटि *n* 1 दमनीयता, दम्यता, 2 विजेयता, पराजेयता

vincible विन्सिबल *a* 1 जिस पर काबू पाया जा सके [~ fears], दम्य, 2 विजेय, पराजेय

vinculum विन्क्यूलम *n* (*pl.* -la) 1 *alg.* शिरोरेखा-जैसा कोष्ठक, रेखाकोष्ठक, रेखाबन्धनी, 2 *anat*=ligament

vindicate विन्डिकेट *vt* 1 निर्दोष ठहराना, सन्देह-मुक्त करना [to ~ s.o.]; 2 समर्थन करना, उचित ठहराना [to ~ one's action, conduct], 3 प्रमाणित करना, सिद्ध करना [to ~ one's veracity, courage, assertion]; 4 रक्षा करना, न छोड़ना, लेकर रहना [to ~ one's rights]

vindication विन्डि-केशन *n* 1 औचित्य-प्रतिपादन; दोषमार्जन, समर्थन; रक्षण, रक्षा [to speak in ~ of one's conduct, rights, etc], 2 औचित्य-प्रतिपादन या समर्थन आदि करने वाली बात, 3 प्रमाणीकरण

vindicatory विन्डि-केटरि *a* 1 औचित्य-प्रतिपादन करने वाला, समर्थनात्मक, समर्थनकारी, 2 (of laws) दण्डात्मक, ताज़ीरी

vindictive विन्-डिक्टिव *a* 1 बदला लेने वाला, बदला लेने की भावना से प्रेरित, प्रतिकारी, प्रतिशोधी; प्रतिशोधात्मक, 2 दण्डात्मक, ~ **damages** वास्तविक हानि से अधिक हरजाना, दण्डात्मक हरजाना; ~ness *n* बदला लेने की भावना या स्वभाव, प्रतिशोधप्रियता, प्रतिशोध-भावना

vine वाइन *n* 1 अंगूर की बेल, 2 कोई बेल, लता

vinegar विनिगर *n* 1 सिरका, 2 *fig* कटु या तीखा या चिड़चिड़ा स्वभाव; ~**ish**, ~**y** *aa* सिरकेदार, खट्टा

vineyard विन्यर्ड *n* 1 अंगूर का बाग़, अंगूर-वाटिका, 2 *fig* कार्यक्षेत्र

viniculture विनिकल्चर *n* अंगूर की खेती

vinous वाइनस *a* अंगूरी शराब का, शराब-जैसा [~ flavour]; शराब पीने का आदी, मद्यप

vintage विन्टिज *n* 1 (शराब बनाने के लिए) अंगूर की फ़सल की कटाई, 2 कटाई का मौसम, 3 (सारे मौसम में) अंगूर की कुल उपज, 4 अंगूरी शराब, 5 बढ़िया शराब जो दूसरी शराब से अलग रखी जाती है, 6 *fig* वर्ष-विशेष में बनी वस्तु; *a* 1 (पुराना और) बढ़िया [~ wine], 2 ~ car पुरानी (बढ़िया) कार (जो 1917-30 में बनी हो); ~**r** *n* अंगूर की फ़सल काटने वाला

vintner विन्ट्नर *n* शराब-विक्रेता; शराब का व्यापारी

viny वाइनि *a* (f. vine) 1 (अंगूर की) बेल का, बेल-जैसा, 2 लता-बहुल

viol वाइअल *n* मध्ययुगीन वायलिन

viola¹ वि-ओल: *n* बड़ा वायलिन

viola² वाइअल: *n* बैंगनी फूलों वाला पौधा, बनफ़शा

violable वाइअ-ल-बल *a* जिसे भंग किया जा सके, उल्लंघनीय, अतिक्रमणीय

violate वाइअलेट *vt* 1 भंग करना, तोड़ना, उल्लंघन करना, पालन न करना [to ~ an oath, a rule, a treaty, etc], to ~ a right अधिकार पर कुठाराघात करना, to ~ the law कानून भंग करना, 2 अपमान करना, अपवित्र करना, नापाक करना [to ~ a temple etc], 3 विघ्न या बाधा डालना, भंग करना; to ~ s.o.'s privacy किसी के निजी कमरे या स्थान में अनधिकार-प्रवेश करना, 4 (स्त्री के साथ) बलात्कार करना

violation वाइअ-लेशन *n* 1 भंग, उल्लंघन, अतिक्रमण, 2 अपवित्रीकरण, 3 (स्त्री के साथ) बलात्कार

violative वाइअ-लेटिव *a* भंग या उल्लंघन करने वाला, उल्लंघनात्मक [~ of a treaty, etc]

violence वाइअ-लन्स *n* 1 प्रबलता, प्रचण्डता, तेज़ी, ज़ोर, 2 अनुचित **बलप्रयोग**, मार-पीट, हिंसा [to resort to ~]; an outbreak of violence मार-पीट, दंगा-फ़साद, उपद्रव, **to die by ~** शस्त्रप्रहार या विषप्रयोग आदि से मारा जाना, की हत्या होना, 3 दुर्व्यवहार, अत्याचार, अन्याय; **to do ~ to** के प्रतिकूल होना, भंग करना, to do ~ to one's conscience अन्त:करण के सर्वथा विपरीत आचरण करना, 4 अर्थविकृति, बिल्कुल ग़लत अर्थ लगाना, तोड़-मरोड़ कर पेश करना

violent वाइअ-लन्ट *a* 1 प्रबल, ज़ोरदार, ज़बरदस्त, तेज़, प्रचण्ड [a ~ storm], 2 हिंसापूर्ण, हिंसात्मक, ~ **death** हत्या [He met a ~ death]; to lay ~ hands on s.o. किसी पर हमला करना; **to become ~** मार-पीट पर उतर आना, मार-पीट करना; 3 तेज़, तीव्र, सख़्त, घोर [~ pain, controversy, dislike, etc]; ~ colours शोख़ रंग, ~ temper उग्र स्वभाव, तेज़ मिज़ाजी [is of a ~ temper; was **in** a ~ temper]

violet वाइअ-लट *n & a* 1 बनफ़शा, नीलपुष्प, 2 हल्का बैंगनी या जामनी रंग; 3 जामनी कपड़ा या पोशाक; **shrinking ~** शर्मीला व्यक्ति; *a* हल्का बैंगनी या जामनी

violin वाइअ-लिन *n* सारंगी की तरह का बाजा, बेला, वायलिन; **~ist** *n* वायलिन-वादक

viper वाइपर *n* 1 विषैला साँप, व्याल, 2 *fig* धोखेबाज़ आदमी, खोटा आदमी, द्वेष करने वाला आदमी, 3 ~ **in one's bosom** मित्र बनकर धोखा देने वाला आदमी, आस्तीन का साँप

virago वि-रेगो *n* (*pl* **~s**) लड़ाकी स्त्री, चण्डी, कर्कशा

viral वाइअ-रल *a* (f. virus) वाइरस का, विषाणुक

virescence वि-रेॅसन्स *n* हरापन, *bot* पत्तों आदि का असाधारण हरापन

virescent वि-रेॅसन्ट *a* जिस का रंग हरा हो रहा हो, हरिताभ

virgate वर्गेट *a* (*bot, zool*) 1 डंडे-जैसा, दण्डाकार, 2 पतला तथा लंबा और सीधा

virgin वर्जिन *n & a* 1 कुमारी, कुंवारी; अक्षतयोनि, अक्षता, 2 आजन्म कुमारी रहने वाली साध्वी, **3 the (Blessed) V~** ईसा की माता, कुमारी मरियम, 4 Virgin कन्या (राशि); *a* 1 अविवाहित, कुंवारी, 2 सती, साध्वी, 3 कुमारीसुलभ [~ modesty], 4 निष्कलंक, बेदाग़, 5 शुद्ध, बे-मिलावट [~ gold]; 6 जो पहले काम में न लाया गया हो, अछूता, अनछेड़ा, ताज़ा; ~ **soil** जहां पहले खेती न की गई हो, अनजुती ज़मीन, अकृष्टपूर्व धरती; ~ forest जंगल जहां पेड़ न काटे गये हों, अछूता वन, **7 the Virgin Queen** इंग्लैंड की महारानी एलिज़बेथ प्रथम (1558-1603); **~al** वर्जिनल *a* 1 कुमारी का, कुमारियों को शोभा देने वाला, 2 कुंवारी, अविवाहिता, 3 शुद्ध, अछूता

virginity वर्-जिनिटि *n* 1 कौमार्य, कुंवारापन, 2 अक्षतयोनित्व, अक्षतता, सतीत्व, 3 शुद्धता, अछूतापन

Virgo वर्गो *n* कन्या (राशि)

virgule वर्ग्यूल *n* (दो शब्दों या पंक्तियों में विकल्प सूचित करने वाली) तिर्यक् रेखा (*e.g.* to vindicate one's action/conduct)

viridescence विरि-डेॅसन्स *n* कुछ-कुछ हरापन, हरिताभा; **viridescent** विरि-डेॅसन्ट *a* कुछ-कुछ हरा, हरा-सा, हरिताभ

viridity वि-रिडिटि *n* हरापन

virile वि-राइल *a* 1 पुरुष का, पुरुष-संबंधी, मरदाना, 2 संभोगक्षम, प्रजननक्षम, 3 (of mind, character, literary style, etc) ज़बरदस्त, ज़ोरदार, जानदार, ओजस्वी

virility वि-रिलिटि *n* 1 पुरुषत्व, पुंस्त्व, पौरुष, 2 ओज, ओजस्विता, ज़ोर, बल, दम

virologist वाइअ-रॉल-जिस्ट *n* विषाणुविज्ञ

virology वाइअ-रॉल-जि *n* (f. virus) वाइरस-विज्ञान, विषाणुविज्ञान

virtu, vertu वर्टू *n* 1 **article** *or* **object of ~** कलाकृति, 2 कलाकृतियों का ज्ञान, कलाविज्ञता

virtual वर्चुअल *a* 1 एक प्रकार से ऐसा (न कि वस्तुत: या नामत:), व्यावहारिक रूप से, व्यवहार में, व्यवहारत: [He is the ~ manager; this is a ~ admission of guilt, defeat, etc.], 2 *phys* प्रतीयमान, आभासी [~ focus, image]

virtually वर्चुअलि *adv* 1 व्यवहारत:, एक प्रकार

से, गोया, मानो [The talks are ~ deadlocked]; 2 लगभग

virtue वर्चू *n* 1 आचार की शुद्धता, शुद्धाचार, सदाचार, मानसिक शुद्धता, शुद्धाचार, साधुता, शुचिता, ईमानदारी; **to make a ~ of necessity** (see necessity, 2), 2 आचारिक या नैतिक गुण [Patience is a ~], 3 सतीत्व, woman of easy ~ असती, कुलटा, व्यभिचारिणी, 4 (व्यक्ति या वस्तु का) गुण, सद्गुण [has the ~ of being sociable; graphite has the ~ of resisting heat], 5 (औषध आदि की) प्रभावोत्पादकता, शक्ति, बल, गुण, ख़ूबी [no ~ in such drugs], 6 **by** *or* **in virtue of** के बल पर, के आधार पर, के कारण [claims a pension in ~ of his participation in the freedom struggle]; by ~ of office पद के आधार पर

virtuosity वर्चु-ऑसिटि *n* 1 कलाप्रेम, कलामर्मज्ञता, 2 (कला-विशेष में) प्रवीणता, कलाविज्ञता

virtuoso वर्चु-, वर्टचु-ओसो *n* (*pl* ~s) 1 कलाप्रेमी, कलामर्मज्ञ, कलाविज्ञ, 2 (संगीत आदि कला-विशेष में) प्रवीण, कलाविद्, कलाकार

virtuous वर्चुअस *a* 1 सदाचारी, धर्मात्मा, साधुस्वभाव, शुचि, ईमानदार, नेक, 2 (of woman) सती, साध्वी, पतिव्रता

virulence विरुलन्स *n* 1 विषैलापन, विषाक्तता, 2 कटुता, उग्रता, प्रचण्डता

virulent विरुलन्ट *a* 1 ज़हरीला, विषैला, विषाक्त, 2 (of disease) उग्र, भयङ्कर, ख़तरनाक, घातक, संक्रामक, 3 *fig* कटु, घोर, प्रचण्ड, तीखा [~ tone, abuse]

virus वाइअ-रस *n* 1 जीवाणु (bacteria) से छोटा रोगाणु, विषाणु, 2 *fig* विष, रोगजनक वस्तु

visa वीज़: *n* & *vt* (~ed, *or* ~'d) (पास्पोर्ट पर अङ्कित) **प्रवेशानुमति**, वीज़ा, *vt* प्रवेशानुमति देना, (पास्पोर्ट पर) प्रवेशानुमति अङ्कित करना, वीज़ा लगाना, वीज़ा देना

visage विज़िज *n* (liter) चेहरा, मुँह, मुख; **visaged** विज़िज्ड *a* ऐसे चेहरे वाला, gloomy-visaged *a* उदास चेहरे वाला, विषण्णमुख

vis-a-vis वीज़ा-वी *adv* & *n* (*pl* same) 1 *adv* आमने-सामने [to sit ~ in a bus], 2 के संबंध में, की तुलना में [income *vis-a-vis* expenditure]; *n* सामने वाला व्यक्ति या पदार्थ; समकक्ष व्यक्ति

viscera विस-र: *n* (*pl* of viscus) शरीर के आभ्यन्तर अङ्ग, (*e.g.* मस्तिष्क, दिल, जिगर); (esp.) आँतें, अँतड़ियाँ; **visceral** विस-रल *a* 1 आभ्यन्तर अङ्गों का, 2 वि० अँतड़ियों का

viscid विसिड *a* 1 चिपचिपा, लसलसा, 2 शहद आदि गाढ़े द्रव जैसा, गाढ़ा, श्यान, विस्कासी; ~**ity** *n* 1 चिपचिपाहट, 2 गाढ़ापन, श्यानता

viscose विस्कोस *a* बहुत गाढ़ा सैलूलोज़ (जिसका धागा या सूत बनाया जा सके), विस्कोस

viscosity विस् कॉसिटि *n* (f. viscous) 1 चिपचिपाहट, 2 *phys* गाढ़ापन, श्यानता, विस्कासिता

viscount वाइकाउन्ट *n* (fem. ~**ess**) (ब्रिटेन में baron से बड़ा और earl से छोटा) सामन्त

viscous विस्कस *a* 1 चिपचिपा, लसलसा, 2 *phys* बहुत गाढ़ा, श्यान, विस्कासी

viscus विस्कस *n* (*anat*) (*sing* of viscera) आभ्यन्तर अङ्ग

vise वाइस *n* (U.S.) शिकंजा, बाँक

visibility विज़ि-बिलिटि *n* 1 दृश्यता, 2 (मौसम या वातावरण की दशा-विशेष में) जहां तक दिखाई दे, दृष्टिसीमा [Because of fog, ~ was reduced to 50 yards]

visible विज़िबल *a* 1 दृश्यमान, दृश्य, दृष्टिगोचर, 2 व्यक्त, प्रकट, प्रत्यक्ष, ज़ाहिर, ज्ञात, विदित [has no ~ means of support]; 3 ~ **exports** वस्तुगत निर्यात, द्रव्य निर्यात, माल-निर्यात, दृश्य निर्यात (cf. invisible exports)

vision विश्ज़न *n* & *vt* 1 देखने की शक्ति, दृष्टि, नज़र, आंख [Reading in poor light may impair your ~]; **field of** ~ = visual field (see visual, 3), 2 देखना, अवलोकन, दर्शन; दृश्य, झलक, झाँकी, 3 कल्पना, स्वप्न, सपना [to have see, ~s of wealth and glory]; 4 स्वप्न में देखी गई वस्तु या व्यक्ति आदि, 5 अविद्यमान किन्तु सच्ची भासने वाली वस्तु का दर्शन, देवता, प्रेत, भूत आदि [He sees ~s], 6 आगे की बात सोचने की शक्ति, कल्पना शक्ति, दूरदर्शिता [A statesman has to be a man of ~]; 7 अति सुन्दर दृश्य या व्यक्ति, 8 (टेलिविज़न-पटल पर का) दृश्य, *vt* का स्वप्न देखना, की कल्पना करना

visionary विश्ज़नरि *a* & *n* 1 (अव्यावहारिक या आदर्शवादी बातों का) स्वप्न देखने वाला (व्यक्ति), स्वप्नद्रष्टा, ख़याली पुलाव पकाने वाला, कल्पनाजगत् में विचरने वाला, 2 अव्यावहारिक [a ~ project, scheme], 3 काल्पनिक, अवास्तविक [~ ailment]

visit^1 विज़िट *vt* & *i* 1 मिलने जाना या आना (और कुछ समय ठहरना), दर्शन करना, भेंट करना, मुलाक़ात करना [to ~ s.o.]; 2 (स्थान आदि) देखने जाना या आना (और वहां कुछ समय ठहरना); सैर करने जाना, की यात्रा करना [to ~ a place, country, etc], 3 निरीक्षण करना, मुआयना करना, (निरीक्षण के लिए) दौरा करना, 4 (of disease, calamity, etc) आना, आ पड़ना, आक्रमण करना, फैलना [to be ~**ed by** *or* **with the plague**], 5 (*Bibl*) (पाप का) दण्ड देना; **to ~ the sins of the fathers upon the children** बच्चों को उनके पूर्वजों के पापों का दण्ड देना; 6 *vi* (U.S.) to ~ **with s.o.** से मिलना, से बातचीत करना [**She likes to ~ with her**

neighbours]

visit^2 *n* 1 मिलन और निवास, अतिथि के रूप में अल्प निवास, **to be on a ~ to s.o., to pay a ~ to s.o.** किसी से मिलने जाना और कुछ समय ठहरना, 2 दर्शन, भेंट, मुलाकात, 3 यात्रा, सैर [a ~ to a country etc], 4 निरीक्षण, मुआयना, (निरीक्षणार्थ) दौरा; 5 (चिकित्सार्थ या परामर्शार्थ) गमन, जाना [a ~ to a doctor, patient, lawyer, etc]

visitant विज़िटन्ट *n* 1 दूसरे देश से कुछ दिनों के लिए आया हुआ पक्षी, प्रवासी पक्षी, 2 परलोक से आया हुआ जीव, भूत, वेताल

visitation विज़ि-टेशन *n* 1 (सरकारी अफ़सर, बिशप आदि का) निरीक्षणार्थ दौरा; निरीक्षण, मुआयना, 2 *colloq* बेहद लम्बी भेंट या मुलाकात, 3 दैवी अभिशाप या प्रकोप, 4 (i) ईश्वरीय दण्ड, आपत्ति, मुसीबत, आफ़त, बला, यातना; (ii) ईश्वरीय पुरस्कार, दैवी प्रसाद, 5 *zool* जन्तुओं का बहुत बड़ी संख्या में आकस्मिक आगमन

visiting विज़िटिङ्ग *a* & *n* बाहर से आने वाला, अतिथि [~ team, professor]; *n* 1 मेल-मुलाकात, मिलना-जुलना, किसी के यहां आना-जाना [**to be on ~ terms with** s.o.], **to have a ~ acquaintance with** s.o. किसी से अच्छी जान-पहचान और मेल-मुलाक़ात होना, 2 **~-card** परिचय-कार्ड, मुलाकाती कार्ड

visitor विज़िटर *n* 1 बाहर से आने वाला, आगन्तुक, दर्शक, 2 मिलने वाला, मुलाक़ाती, अभ्यागत, दर्शनार्थी, 3 अतिथि, मेहमान, 4 प्रवासी पक्षी, 5 (in college or univ.) निरीक्षणाधिकारी, निरीक्षक, 6 पर्यटक, यात्री, सैलानी, 7 **~s' book** रजिस्टर जिसमें दर्शक या यात्री अपना नाम तथा पता और कभी-कभी अपनी राय भी लिख देते हैं, दर्शक-पंजी, आगन्तुक पंजी; **visitors' gallery** दर्शक-दीर्घा

visor, vizor वाइज़र *n* 1 शिरस्त्राण का वह भाग जिससे चेहरा ढका रहता है, मुखावरण; 2 टोपी का जीभ की तरह आगे को निकला हुआ भाग, अग्रभाग, 3 मोटर के सामने वाले शीशे पर लगी (हिल-जुल सकने वाली) पट्टी जो आँखों को सूर्य की चमक से बचाती है, नेत्ररक्षक

vista विस्टः *n* 1 पेड़ों की दो पंक्तियों के बीच दूर तक दिखाई देने वाला दृश्य, संदर्श, 2 (दूर भविष्य की) आशा [This opened a new ~ (*or* new ~s) to his ambition]; (दूर अतीत की) स्मृति [a pleasant ~ of bygone days]

visual विझ्ज़ुअल *a* 1 देखने का, देखने से संबंधित, दृष्टिसंबंधी, दृष्टिगत, आँख का, चाक्षुष, **~ nerve** =optic nerve, 2 दिखाई देने वाला, दृश्य, दृश्यमान, दृष्टिगोचर, 3 चित्र या मानचित्र या मूर्ति आदि पर आधारित, **~ aids** विषय को स्पष्ट करने में सहायक चित्र, फ़िल्म आदि उपकरण, चाक्षुष साधन; **~ field** दिशा-विशेष में आंख स्थिर करने पर दिखने वाला सारा क्षेत्र, दृष्टिगत क्षेत्र, दृश्य-क्षेत्र (also called **field of vision**); **~ly** *adv* 1 दृश्य रूप से, चित्र के द्वारा, 2 आँखों से, दृष्टि से, 3 देखने में [the design is ~ly pleasing]

visualizatio विश्ज़ुअ-लाइ-ज़ेशन *n* (see foll.] 1 कल्पना, 2 प्रत्यक्षीकरण

visualize विश्ज़ुअ-लाइज़ *vt* 1 मानसिक दृष्टि से देखना, अदृश्य वस्तु का मानसिक चित्र बना लेना, कल्पना करना, 2 (अदृश्य को) दृश्य बनाना, प्रत्यक्ष कर लेना

vital वाइटल *a* & *n* 1 जीवन-संबंधी, जीवनप्रद, जैव; जीवनी, **~ power** जीवनी शक्ति; **~ force** (=élan vital) जीवनी शक्ति, जैव शक्ति, 2 जीवन के लिए आवश्यक, 3 (किसी काम के लिए) आवश्यक, अनिवार्य, महत्त्वपूर्ण [~ question; secrecy is ~ to the success of the scheme], 4 प्राणान्तक, घातक [~ wound, error]; 5 जानदार, सक्रिय, कर्मठ [~ leader], 6 **~ air** प्राण-वायु, आक्सीजन; **~ parts** मर्मस्थल, अर्थात् दिल, दिमाग़, फेफड़े आदि; **~ statistics** जन्म, विवाह, मरण आदि के आंकड़े, जन्म-मरण के आंकड़े, *n* **vitals** = ~parts (see 6 above)

vitality वाइ-टैलिटि *n* 1 जीवित रहने की शक्ति, जीवनी शक्ति, प्राणशक्ति, 2 प्राण, जान, बल, ताकत, जोर

vitalize वाइटलाइज़ *vt* प्राण या जान डालना, रूह फूंकना, नये जीवन का संचार करना

vitamin विट-मिन, वाइट-मिन *n* खाद्यों में विद्यमान विशेष प्रकार के पौष्टिक तत्त्व (जो जीवन के लिए आवश्यक माने जाते हैं), विटामिन [These are called: Vitamin A, B_1, B_2, B_6, B_{12}, C, D, E, G, H, K, P]

vitaminize विट-मिनाइज़ *vt* विटामिनयुक्त करना

vitellin वि-टेलिन *n* (*chem*) अण्डे की ज़रदी में उपलब्ध प्रोटीन (protein)

vitellus वि-टेलस *n* अण्डे की ज़रदी, अण्डपीतक

vitiate विशिएट *vt* 1 दूषित करना, बिगाड़ना, विकृत करना [to ~ the air, blood, mind, etc], 2 निष्प्रभाव कर देना, अमान्य बना देना, रद्द करना [A single word may ~ a contract]; **vitiation** विशि-एशन *n* (see prec.) विकार, दोष, ख़राबी; दूषण; **vitiator** विशिएटर *n* बिगाड़ने वाला, विकार पैदा करने वाला, भ्रष्ट करने वाला, दूषक

viticulture विटिकल्चर *n* अंगूर की खेती, द्राक्षाकृषि

vitreous विट्रिअस *a* 1 शीशे या काँच का, काँच-जैसा पारदर्शक या कड़ा आदि, काचाभ [~ enamel], 2 **~ body, ~ humour** (*anat*) आँख के डेले में विद्यमान गाढ़ा पारदर्शक द्रव, काचाभ द्रव

vitrifaction विट्रि-फ़ैक्शन, **vitrification** विट्रि-

फ़ि-केशन *nn* (f. vitrify) काचन; **vitrified** *a* काचित; **vitrify** विट्रिफ़ाइ *vt* & *i* काँच बनाना या बनना, काँच-जैसा बनाना या बनना

vitriol विट्रिअल *n* 1 गन्धक के तेज़ाब का कोई काचाभ लवण (*e g.* नीला थोथा); 2 **blue** ~= copper sulphate नीला थोथा; **green** ~= iron sulphate कासीस; 3 गन्धक का तेज़ाब, सल्फ़्यूरिक अम्ल; **oil of** ~ गाढ़ा सल्फ़्यूरिक अम्ल; ~**-throwing** किसी के मुँह पर गन्धक का तेज़ाब फेंकना, 4 कटु या तीखा या दाहक पदार्थ; *fig* अति कटु आलोचना, बहुत चुभने वाली बात

vitriolic विट्रि-ऑलिक *a* 1 सल्फ़्यूरिक अम्ल-का या अम्ल-जैसा, 2 *fig* अति कटु, बहुत चुभने वाला [~ criticism]

vitta विट: *n* (*pl* -ae) 1 *bot* कुछ पौधों के फल में विद्यमान तैल-नली; 2 *zool* धारी, लकीर

vituperate वि-ट्यूपरेट *vt* घोर निन्दा करना; बुरा-भला कहना, गाली देना, फटकारना; **vituperation** *n* घोर निन्दा, फटकार, भर्त्सना, गाली

vituperative विट्यूप-र-टिव *a* अतिनिन्दात्मक, भर्त्सनात्मक, गालियों से भरा [~ remarks]

viva^1 (Italian) वीव: *int* & *n* ज़िन्दाबाद ! . . . की जय ! *n* जय, जयकार, जयघोष

viva^2 L वाइव: *n* (*colloq*) = viva voce

vivacious वि-वेशस *a* 1 ज़िन्दादिल, प्रफुल्लचित्त, हँसमुख, विनोदशील, विनोदप्रिय, 2 फुर्तीला, जोशीला, सजीव, **vivacity** वि-वैसिटि *n* 1 ज़िन्दादिली, विनोदशीलता, विनोदप्रियता, प्रफुल्लता, 2 उत्साह, जोश, फुर्ती, सजीवता

vivarium वाइ-वेँअ-रिअम *n* जन्तुओं को उनके प्राकृतिक वातावरण सदृश वातावरण तथा परिवेश में रखने का कृत्रिम स्थान, चिड़ियाघर, मछलीघर आदि, जीवशाला, जन्त्वागार, पशुवाटिका

viva voce वाइव: वोसि *a*, *n*, *adv* & *vt*, वाचिक या मौखिक (परीक्षा), ज़बानी (परीक्षा); *adv* ज़बानी तौर पर, मौखिक रूप से; *vt* (viva-voce) मौखिक परीक्षा लेना

vivid विविड *a* 1 (of colour) शोख़, चमकीला, चटकीला, भड़कीला; (of light) तेज़, तीव्र, चौंधियाने वाला [~ flash of lightning], 2 (of person) ज़िन्दादिल, उत्साही, जोशीला, साहसी, ओजस्वी, ज़बरदस्त, 3 (of painting etc) सजीव, जीवन्त, जीता-जागता, मुँह-बोलता; (of description, account) विशद, स्पष्ट, सजीव; (of style) ओजस्वी, प्रभावशाली, जानदार; (of impression, memory) सुस्पष्ट; ~ imagination तीव्र कल्पना-शक्ति; ~**ly** *adv* स्पष्टत:, सजीव की भाँति; to describe sth ~ सजीव वर्णन करना

vivification विवि-फ़ि-केशन *n* (see foll.) अनुप्राणन

vivify विविफ़ाइ *vt* 1 (esp. *fig*) सजीव बनाना, जान या प्राण डालना, अनुप्राणित करना; 2 विशद या स्पष्ट करना, तेज़ या तीव्र करना

viviparity विवि-पैरिटि *n* (f. foll) 1 सजीव-प्रजनन, जरायुज-जनन, जरायुजता; 2 उद्भिद्-बीजवत्ता

viviparous वि-विपरस *a* (*zool*) 1 सजीव सन्तान उत्पन्न करने वाली (न कि अण्डे देने वाली), सजीव-प्रजनक, जरायुज, जरायुज-जनयित्री; 2 (*bot*) जिसके बीज पौधे से लगे रहने पर ही अंकुरित होते हैं, उद्भिद्बीजधारी, उद्भिद्-बीजवत्

vivisect विविसेँक्ट *vt* (वैज्ञानिक खोज के निमित्त) जीवित प्राणी को चीरना-फाड़ना, जीवच्छेदन करना; ~**or** *n* जीवच्छेदक

vivisection विवि-सेँक्शन *n* 1 जीवच्छेदन, 2 *fig* क्रूरतापूर्ण आलोचना, एक-एक बात की आलोचना, धज्जियां उड़ाना; ~**ist** *n* जीवच्छेदक; जीवच्छेदनवादी

vixen विक्सन *n* 1 (मादा) लोमड़ी, 2 लड़ाकी स्त्री, चण्डी; ~**ish** *a* झगड़ालू

viz. विज़ *or* नेम्लि (*abbr.* of videlicet) अर्थात्, यानी [my only means of earning, *viz* my fiddle]

vizor वाइज़र *n* = visor

vocable वोकबल *n* (रूप, न कि अर्थ, की दृष्टि से) शब्द

vocabulary व-कैब्युलरि *n* 1 (किसी भाषा या विज्ञान का) शब्दभण्डार, शब्दावली, 2 (व्यक्ति का) कुल शब्दों का ज्ञान, शब्दभण्डार [His ~ is limited], 3 शब्दकोश, शब्दार्थदीपिका [Othello with notes and ~]

vocal वोकल *a* & *n* 1 शाब्दिक, वाचिक, मौखिक [a ~ communication]; वाणी-संबंधी, उच्चारित, ~ **cords** वाक्तन्तु, स्वरतन्त्री, घोषतन्त्री, ~ **music** कण्ठसंगीत, गायन, गाना; 2 विचारों को मुक्तकण्ठ से व्यक्त करने वाला, खूब बोलने वाला, मुखर [is very ~ about his rights], 3 (*poet.*, of trees, hills, etc) वाक्शक्तिसम्पन्न, सवाक्, बोलने वाला, 4 *phonet* घोष, *n* गायन; ~**ly** *adv* वाणी के द्वारा, बोल कर

vocalic व-कैलिक *a* स्वर या स्वरों का, स्वर-संबंधी, स्वरों से बना हुआ, स्वरमय, स्वरात्मक

vocalism वोकलिज़म *n* 1 (गायन आदि में) वाणी का प्रयोग, 2 गायन, 3 (भाषा-विशेष के) स्वर, स्वर-समुदाय

vocalist वोकलिस्ट *n* गायक (opp. instrumentalist)

vocalization वोकलाइ-ज़ेशन *n* 1 उच्चारण, 2 स्वरचिन्ह लगाना

vocalize वोकलाइज़ *vt* 1 बोलना, उच्चारण करना, शब्दायित करना, 2 (व्यंजन को) घोष बनाना [*f* is vocalized into *v*], 3 स्वरचिन्ह लगाना, स्वरमात्रा लगाना (see vowel-point)

vocation वो-केशन *n* 1 पेशा, धंधा, व्यवसाय,

वृत्ति, 2 (व्यवसाय-विशेष के प्रति) स्वाभाविक आकर्षण, रुचि, प्रवृत्ति, योग्यता, प्रेरणा [I had little or no ~ to literature; He has little or no ~ for teaching]

vocational वो·केशनल *a* व्यवसाय-संबंधी, व्यावसायिक [~ school, training]

vocative वॉ'क-टिव *n* & *a* (*gram*) संबोधन; *a* संबोधन का; ~ **case** संबोधन (कारक)

vociferate व-सिफ़रेट *vt* & *i* 1 ज़ोर से उच्चारण करना, चिल्ला कर बोलना, 2 *vi* चिल्लाना; **vociferation** व-सिफ़रेशन *n* चीख़, पुकार, शोर; चिल्लाहट

vociferous व-सिफ़रस *a* 1 (of person) चिल्ला कर बोलने वाला, ज़ोरदार ढंग से बात कहने वाला, मुखर, 2 चिल्ला कर कहा हुआ, ज़ोरदार [~ demand, protest, etc]

vodka वॉ'ड्क: *n* रूसी शराब, वॉदका

vogue वोग *n* 1 चलन, रिवाज, फ़ैशन [Drainpipes were the ~]; **to be in** ~, **to come into** ~, का रिवाज या फ़ैशन होना, **to be** (*or* go) **out of** ~ रिवाज या फ़ैशन हटना या न रहना, 2 लोकप्रियता [the book had a great ~], 3 ~-**word** बहुत प्रयोग में आने वाला शब्द, (काल-विशेष का, आजकल का) प्रचलित शब्द

voice^{1} वॉ'इस *n* 1 वाणी, बोली [human ~]; स्वर, शब्द, ध्वनि, आवाज़; **to raise one's** ~ ऊंचे स्वर में बोलना; आवाज़ उठाना, 2 बोलने या गाने की शक्ति, to lose one's ~ गला बैठ जाना; to be **in** (**good**) ~ (बोलने या गाने के लिए) गला ठीक होना; 3 गायक, 4 वाणी या लिखित शब्दों द्वारा अभिव्यक्ति [**to give** ~ **to one's feelings**]; 5 मत व्यक्त करने का अधिकार [**I have no** ~ **in the** matter]; 6 अभिव्यक्त की गई इच्छा या राय, आवाज़ [the ~ of the people]; **with one** ~ एकमत हो कर; एक स्वर से, 7 *phonet* घोष, घोषवत्ता, 8 *gram* वाच्य, **active** ~ कर्तृवाच्य, **passive** ~ कर्मवाच्य; **impersonal** ~ भाववाच्य; 9 ~-**box** = larynx; ~ **vote** मौखिक मत(दान), ध्वनिमत; 'हां' और 'नहीं' की आवाज़ों की प्रबलता के आधार पर किया गया निर्णय

voice^{2} *vt* 1 कहना, बताना, व्यक्त करना [He, this letter, ~s our opinion], 2 *phonet* घोष बनाना, 3 (बाजे का) स्वर ठीक करना

voiced वॉ'इस्ट *a* 1 *phonet* घोष, 2 in *comb.* विशेष प्रकार के स्वर या आवाज़ वाला [gruff-~, shrill-~]

voiceless वॉ'इस्लिस *a* 1 अवाक्; मूक, गूंगा, 2 *phonet* अघोष

void वॉ'इड *a* & *n* & *vt* 1 (of space) ख़ाली, रिक्त, शून्य, 2 (of office) खाली, रिक्त, 3 (of deed, contract, etc) रद्द, अमान्य, अवैध; (of promise) जो पूरा न कराया जा सके, बेकार, व्यर्थ; 4 रहित, हीन, शून्य [a proposal ~ of sense]; *n* ख़ाली स्थान, शून्य; *fig* अभाव, to fill the ~ अभाव की पूर्ति करना [It is difficult to fill the ~ made by his death]; *vt* 1 रद्द या अमान्य कर देना, 2 मलोत्सर्ग करना [to ~ excrement, or *abs.*]; ~**able** वॉ'इड-बल *a* जिसे रद्द किया जा सके, अमान्यकरणीय

voidance वॉ'इडन्स *n* 1 (पादरी के पद का) ख़ाली होना, रिक्ति, 2 रद्द या अमान्य हो जाना, अमान्यकरण

voile वॉ'इल *n* (सूत या रेशम या ऊन का) महीन कपड़ा, वायल

volant वोलन्ट *a* 1 *zool* उड़ सकने वाला, उड़नशील, 2 फुर्तीला

volar वोलर *a* (*anat*) हथेली का; तलवे का

volatile वॉ'ल-टाइल *a* & *n* 1 भाप बन कर उड़ जाने वाला, वाष्पशील, 2 ~ **oil** = essential oil (see essential, 3), 3 ज़िन्दादिल, चुलबुला, चंचल [a ~ disposition, writer, etc]; 4 अस्थिर, परिवर्तनशील, 5 (U.S.) जिसमें मार-काट की संभावना हो, विस्फोटक [a ~ political situation]; *n* वाष्पशील पदार्थ; **volatility** वॉ'ल-टिलिटि *n* वाष्पशीलता; **volatilize** व-लॅटिलाइज़ *vt* & *i* वाष्पित करना या होना, उड़ा देना या उड़ जाना

volcanic वॉ'ल्-कॅनिक *a* ज्वालामुखी से निकलने वाला, ज्वालामुखी का, ज्वालामुखीय; ~ **bomb** (ज्वालामुखी से निकले) लावे का गोला

volcano वॉ'ल्-केनो *n* (*pl.* ~es) 1 ज्वालामुखी, 2 *fig* उबलती हुई भावनाएं; विस्फोटक स्थिति [We are sitting on a ~]

volcanology वॉ'ल्क-नॉ'ल-जि *n* = vulcanology

vole वोल *n* एक प्रकार का चूहा [field -~, water -~]

volition व-लिशन *n* 1 इच्छाशक्ति का व्यापार, संकल्प, इच्छा, इरादा; **of** *or* **by one's own** ~ स्वेच्छा से; 2 इच्छाशक्ति, संकल्पशक्ति, संकल्प

volitional व-लिश्नल, -**ary** वलिश्नरि *aa* संकल्प या स्वेच्छा का, स्वेच्छाकृत

volitive वॉ'लिटिव *n* संकल्प का, संकल्पात्मक

volley वॉ'लि *n* & *vt* & *i* 1 (अस्त्रों, गोलियों आदि की) बौछार, झड़ी, वर्षा; *fig* (प्रश्नों, गालियां आदि की) बौछार, झड़ी, 2 (tennis) गेंद के टप्पा खाने से पहले लगाई गई वापसी हिट, उड़ती गेंद को लगी हिट, *crick* बिना टप्पा खाए सीधी बल्लेबाज़ के पास या विकिट पर जा पड़ने वाली गेंद, उड़ती गेंद, *vt* 1 (गोलियों आदि की) झड़ी लगाना, (प्रश्नों, गालियों आदि की) बौछार करना, 2 (tennis) उड़ती गेंद को हिट मारना, *crick* उड़ती गेंद फेंकना, 3 *vi* (गोलियों आदि की) झड़ी लगना, (तोपों का) एक साथ दगना

volley-ball वॉॅलि-बॉल *n* जाल के आर-पार हाथों से बड़ी गेंद फेंकने का खेल, वाली-बाल

volplane वॉॅल्प्लेन *vi* (*aeron*) = glide, 2

volt वोल्ट *n* विद्युत् शक्ति की इकाई, वोल्ट; **voltage** वोल्टिज *n* वोल्टमात्रा, वोल्टता

voltameter वॉॅल्-टैमिटर *n* विद्युत्-धारामापी, वोल्टामीटर

volte वोल्ट *n* 1 (*fenc*) वार से बचने का पैंतरा, 2 (घोड़े का) घूम जाना

volte-face F वॉॅल्ट्फ़ास *n* 1 घूम कर मुँह विपरीत दिशा में कर लेना, पलटा, 2 *fig* (*in argument*, *politics*) एकाएक पक्ष बदल लेना, बात पलटना, पक्ष-परिवर्तन

voltmeter वोल्ट्मीटर *n* (*electr*) वोल्टमीटर, वोल्टमापी

volubility वॉॅल्यु-बिलिटि *n* = volubleness

voluble वॉॅल्युबल *a* 1 (of speech) धाराप्रवाह, 2 (of speaker) स्पष्ट और तेज़-तेज़ बोलने वाला; बहुत बातें करने वाला, बातूनी, वाचाल, 3 *bot* लिपटने वाला; ~**ness** *n* 1 धाराप्रवाहिता, प्रवाह, 2 वाचालता, वाक्चातुर्य

volume वॉॅल्यूम *n* 1 ग्रन्थ, पुस्तक, किताब [a library of 5000 ~s], 2 (पुस्तक का अलग छपा) खण्ड, जिल्द; 3 **to speak ~s** प्रबल या प्रचुर प्रमाण होना [It (*or* the accident) speaks ~s for his courage]; 4 जितना स्थान कोई पदार्थ घेरे, लंबाई × चौड़ाई × ऊँचाई, आयतन, समाई [~ of a reservoir], विस्तार, फैलाव, 5 (कुल) मात्रा, परिमाण, मिकदार [~ of sales, business, etc], 6 बड़ी मात्रा, राशि, ढेर; 7 (ध्वनि की) प्रबलता; 8 (of smoke etc) छल्ला, ~s of smoke धूएँ के बादल

volumetric वॉॅल्यु-मेॅट्रिक *a* (*chem.*) आयतन-विषयक, आयतनमूलक, आयतनीय; आयतनमितीय, आयतनी [~ analysis]; **volumetry** व-लूमिट्रि *n* आयतनमिति

voluminosity वल्यूमि-नॉॅसिटि *n* विपुलता, विशालता, विस्तार, फैलाव

voluminous व-ल्यूमिनस *a* 1 बड़े आयतन या परिमाण वाला, बहुत बड़ा, विशाल, बृहत् [~ packet], 2 (of writing) अनेक खण्डों या कई जिल्दों का; ~ writer अनेक ग्रन्थों का लेखक, निखाड़; (of clothing) ढीला-ढाला और बड़ा [a ~ skirt]

watering वॉट्‌रिङ्ग *n* **1** ~**-can**, ~**-pot** (पौधों को पानी देने का) फुहारा, हज़ारा, **2** ~**-place** (i) पशुओं के पानी पीने का स्थान; जलाशय, तालाब आदि, (ii) समुद्रतटवर्ती या झीलतटवर्ती सैरगाह, **3** ~**-station** (इंजन में) पानी भरने का स्टेशन

Waterloo वाटर्-लू *n* **1** बैल्जियम का एक गांव जहां 1815 में नैपोलियन की निर्णयात्मक हार हुई थी; **2** *fig* घोर पराजय, सर्वनाश [to meet one's ~]

watershed वॉटरशेड *n* **1** पहाड़ी चोटियों की वह रेखा जो नदियों के दो जलग्रहणक्षेत्रों को विभाजित करती है, जलविभाजन-रेखा, **2** *fig* किसी प्रकार की विभाजन-रेखा, इतिहास के दो युगों का विभाजन-काल, इतिहास का मोड़ [We are at a ~], **3** (pop) =catchment area

watery वॉटरि *a* **1** (of cooked vegetables, liquid food) बहुत पानी वाला, बहुत पतला, पनीला [~ potatoes, fish, soup, etc], **2** (of eyes) गीला, भीगा, अश्रुपूर्ण, **3** पानी-भरा, वर्षा लाने वाला [~ clouds], **4** (of colour) फीका, हल्का, **5** (of expression, style, talk) बेजान, अस्पष्ट, नीरस, फीका, बेमज़ा, अरुचिकर, **6** to **find a ~ grave** नदी आदि में डूब मरना

watt वॉट *n* **1** विद्युत्-शक्ति की इकाई, वाट; ~**-hour** एक वाट विद्युत्-शक्ति का एक घंटे तक प्रयोग होने से ख़र्च होने वाली कुल बिजली, वाट-घंटा; **2** ~**meter** वाट-मात्रा मापने का यन्त्र, वाटमापी; ~**age** वॉटिज *n* विद्युत्-शक्ति की वाट-मात्रा, वाट-संख्या

wattle^1 वॉटल *n* & *vt* **1** (जंगले, दीवार या छत के लिए) परस्पर गूंथे हुए डंडों और टहनियों का बना ढांचा, टट्टर, ठाट, ठाटर, **2** (in *sing* or *pl*) टट्टर बनाने के डंडे और टहनियां; **3** ~-work डंडों और टहनियों की रचना, टट्टर; **4** ~ **and daub** टट्टर पर मिट्टी का पलस्तर (करके झोंपड़ी बनाने की विधि)

wattle^2 *n* टर्की (turkey) आदि पक्षियों के सिर या गले पर का लटकता मांस

waul वॉल *vi* बिल्ली की तरह ज़ोर से चिल्लाना, म्याऊँ-म्याऊँ करना

wave^1 वेव *n* **1** लहर, तरंग, हिलोर, ऊर्मि, **2** *fig* (भावना आदि का थोड़ी देर का) ज़ोर, जोश, लहर [~ of anger, enthusiasm, prosperity, etc), **3** (थोड़ी-थोड़ी देर बाद आने वाले आक्रमणकारियों, आवासियों आदि का) दल [~ of attackers, immigrants, etc], **4** *phys* द्रव माध्यम के कणों की तरंगाकार हलचल, लहर, तरंग [~ of light, sound, electricity, etc], **5 heat ~, cold ~** (see heat *n* 7; cold^1, 8), **6** लहर की तरह वक्र रेखा या ऊँची-नीची सतह; लहरिया [He has a natural ~ in his hair]; **7** हाथ हिला कर किया गया इशारा या संकेत, हाथ का इशारा, **8** ~**band** दो सीमाओं के बीच के सब तरङ्गायाम, तरंगायाम-समुदाय, तरङ्गपट्टी (also see band^1, 5), **wavelength** लहर के एक शिखर से दूसरे शिखर की दूरी, ध्वनि आदि की तरंगों के दो निकटतम शिखरों के बीच की दूरी, तरङ्गायाम, तरङ्गदैर्घ्य; ~ **train** तरङ्गावलि, तरङ्गमाला

wave^2 *vi* & *t* 1 लहर की तरह ऊपर-नीचे होना, लहराना, (of flag) फरफराना, फहराना; (of corn field) लहराना, (of tree) झूमना, 2 हाथ का इशारा करना [to ~ **to s.o.** (also see 5)], 3 *vt* हिलाना, झुलाना [to ~ a handkerchief]; 4 (तलवार आदि) घुमाना, फिराना, 5 **to ~ one's hand to s.o.** किसी को हाथ से इशारा करना; 6 हाथ के इशारे से कहना या आदेश देना [He ~d us farewell, goodbye; ~d us to halt], 7 (सतह, रेखा को) लहरदार या लहरिया बनाना [to ~ the hair]; **8** (with *prepp*) **to ~ aside** an objection etc परवाह न करना, उपेक्षा करना, पर विचार करने से इन्कार करना, टाल देना; to ~ s.o. **away** चले जाने का इशारा करना

wavelet वेव्लिट *n* छोटी लहर, लहरिका, तरंगिका

waver वेवर *vi* 1 लड़खड़ाना, डगमगाना, झुकने या गिरने को होना, विचलित होना, हिम्मत हारना [The troops ~ed], 2 झिझकना, हिचकिचाना, डाँवाँडोल होना, अस्थिरचित्त होना, निश्चय न कर पाना [to ~ **between** two courses *or* opinions], 3 आगे-पीछे होना, हिलना, डोलना, (of flame, light) टिमटिमाना, झिलमिलाना, (of hand, voice) कांपना

wavy वेवि *a* (of surface) ऊँचा-नीचा, (of line) लहर की तरह वक्र, लहरिया, (of hair) लहरदार

wax^1 वैक्स *n* 1 (also **beeswax**) मोम, सिक्थ; **to be ~ in s.o.'s hand** किसी का वशवर्ती होना, **to mould s.o. like ~** किसी का चरित्र अपनी इच्छानुसार ढालना, (किसी से) जैसा जी चाहे वैसा करवाना, 2 **sealing-wax**, लाख, लाक्षा, 3 *comb*: **~-chandler** मोमबत्ती बनाने या बेचने वाला; **~cloth** मोमजामा, **~-paper** मोमी काग़ज़; **~work** मोम की मूर्तियां आदि (बनाने का काम); मोम का सामान; **~works** मोम की मूर्त्तियों की प्रदर्शनी

wax^2 *vt* मोम लगाना

wax^3 *vi* 1 (of moon) अमावस्या के बाद क्रमशः) बढ़ना; **to wax and wane** घटना-बढ़ना, *fig* उतार-चढ़ाव होना, 2 (*arch* or *poet*) बढ़ना; (with *adj. complement*) होना, हो जाना [to ~ fat, eloquent, indignant, merry, etc]

wax^4 *n* (*sl*) क्रोध [to be in, get into, a ~]

waxen वैक्सन *a* 1 (*arch*) मोम का बना हुआ, मोम-लगा, मोमी, 2 (मोम के-से) हल्के पीले रंग का [~ appearance, face], 3 जिस पर आसानी से छाप पड़ सके, प्रभावग्राही

waxy वैक्सि *a* 1 मोम-जैसा (नरम), मोमी, 2 (of tissue) गला-सड़ा, 3 *sl* क्रुद्ध, नाराज़, चिड़चिड़ा (f. wax^4)

way वे *n* 1 पथ, सड़क, गली, **highway** बड़ी सड़क, **byway** छोटी गली; **across** *or* **over the way** सड़क की दूसरी तरफ़, the house across *or* over the way सामने का मकान; **to go the ~ of all the earth** *or* **of all flesh** *or* **of nature** मर जाना, पंचत्व को प्राप्त होना; **to go the ~ of all good things** लुप्त या ख़तम या नष्ट हो जाना; 2 मार्ग, रास्ता, राह, **on the way** रास्ते में, आते या जाते हुए [I met him on my way home *or* to office], **on the way out** (*colloq*) ख़तम या समाप्त होने को; *idioms*: **to clear the way** (i) रास्ता साफ़ करना, (ii) रास्ते से हट जाना, रास्ता छोड़ देना; **to lead the ~** रास्ता दिखाना, पथप्रदर्शक या नेता होना (also see 6 below); **to make ~ (for others)** रास्ता छोड़ देना, (औरों को) जाने या गुज़रने देना, **to lose one's ~** (see lose **8**); **to be in s.o.'s ~** किसी का रास्ता रोकना, मार्ग में बाधा डालना, परेशान या तंग करना; **to come one's ~** (*fig*) प्राप्त होना, मिलना [Such honours or medals never came my ~], अपने हिस्से में आना, I do any work that comes my ~ जो भी काम मिल जाये, मैं कर लेता हूं; Such people have never come my ~ ऐसे लोगों से मेरा कभी संयोग या मेल नहीं हुआ, कभी वास्ता नहीं पड़ा; **out of the way** (i) सड़क से दूर, अलग-थलग, एकान्त [My village is rather out of the ~]; (ii) असाधारण [It's nothing out of the ~]; **to get out of the** *or* **s.o.'s ~** किसी के रास्ते से हट जाना; **to put s.o. out of the ~** (*colloq*) किसी से पिंड छुड़ाना; किसी को ख़तम कर देना, मार डालना; **to put oneself out of the ~** किसी की ख़ातिर तनिक कष्ट करना; **to go out of the** *or* **one's ~** (to do sth, to help s.o., etc) (अपने नियम या आदत के प्रतिकूल) कोई ख़ास काम करना, विशेष प्रयत्न करना; **to put s.o. in the ~ (of sth)** किसी को कोई वस्तु प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना; 3 दूरी, फ़ासला [The station is a long ~ from here]; **to go a long way** (see go I, 2) [A little sympathy goes a long way]; **all the way** सारे रास्ते (में), पूर्णतया; 4 दिशा, तरफ़, ओर [Look this ~]; **to look the other ~** मुँह दूसरी तरफ़ कर लेना, मुँह फेर लेना; **the other ~ about** *or* **round** उलटा, विपरीत (क्रम से); 5 गति, प्रगति, उन्नति, **to make one's ~ (home etc)** जाना; **to make one's (own) way (in the world)** आगे बढ़ना, उन्नति करना, सफलता प्राप्त करना; **on the** *or* **its ~ to (completion etc)** पूरा होने ही वाला, **to find its** *or* **one's** *or* **the way (to)** (किसी व्यक्ति) के पास पहुंच जाना, किसी

जगह तक पहुंच जाना; **under way** चलता हुआ, (of ship) **to be under ~** चल पड़ना, प्रस्थान करना, *fig* हो रहा होना [The evacuation of the victims is under ~], **to get under ~** चल पड़ना, आरंभ होना, आगे बढ़ना [The evacuation did not get under ~]; **to pay its ~** (आर्थिक दृष्टि से) लाभकर होना; **to pay one's way** अपनी ज़रूरतों पर अपनी जेब से खर्च करना, किसी से उधार न लेना; **6** उपाय, साधन, युक्ति; ढंग, तरीका, प्रकार, तरह [There is a ~ to reduce costs]; **one way or another** किसी न किसी प्रकार; **to lead the ~** कोई काम करने का ढंग बताना (also see 2 above); **ways and means** (i) काम बनाने का ढंग, (ii) *Parl*: (बजट के संबंध में) धन उपलब्ध करने के उपाय, अर्थोपाय, धन का प्रबन्ध; **Ways and Means position** धन-उपलब्धि की स्थिति (अर्थात् धन कितना और कैसे उपलब्ध हो सकेगा), अर्थोपाय-स्थिति; **Ways and Means Committee** अर्थोपाय समिति; **7** (oft in *pl*) तौर-तरीका, रंग-ढंग, चाल-चलन [I don't like his ~s]; **8** सफलता प्राप्त करने का ढंग, काम निकालने की **योग्यता**, खुश करने या मनाने का ढंग [He has a ~ **with** his boss]; **9 to get** *or* **have one's (own) ~**; **to have it one's (own) way** (दूसरों की सलाह की परवाह न करते हुए) अपनी इच्छानुसार काम करना, अपना चाहा करना या करवाना [He had it all his own ~], **10** (व्यवहार करने का) ढंग, आदत [It's not my ~ to deceive people; he has a ~ of leaving his bills unpaid]; **to one's ~ of thinking** की राय में, के विचार से, **11** रिवाज, रीति, प्रथा; **way of life** (व्यक्ति या वर्ग के) जीवन-सिद्धान्त और रहन-सहन का ढंग, जीवन-पद्धति; **way of the world** आम लोगों का व्यवहार या तरीका, लोकव्यवहार, **12** लिहाज़, दृष्टि, पहलू, बात [The plan is defective in several ~s]; **In more ~s than one** कई लिहाज़ से, कई दृष्टिकोणों, कई अर्थों या बातों में; **13** (व्यक्तिगत) व्यवसाय या पेशा, काम-काज का क्षेत्र [Hunting is not, does not lie *or* fall in, my ~]; **14** (स्वास्थ्य या समृद्धि आदि की) दशा, अवस्था, हालत; He is in a bad ~ उसकी हालत ख़राब है; **Things are in a bad ~** हालात ख़राब हैं; **15** मात्रा, परिमाण, पैमाना. **in a way** कुछ हद तक, **in no ~** बिल्कुल नहीं; **in a small way** (i) छोटे पैमाने पर, (ii) मामूली तरह से, बिना ठाट-बाट के [he lives in a small ~]; **in a big ~** (i) बड़े पैमाने पर, (ii) बड़े उत्साह से, शान से, ठाट-बाट से; **16** (*misc*) **by the way** (*used to introduce a question or comment*) और हां, सुनिये; बात की बात में, प्रसंगवश; **by way of** (i) के रास्ते से, से हो कर, (ii) के स्थान पर, के बजाय; के रूप में [I use boxes by ~ of chairs; he said this by ~ of warning, apology, etc]; **17** *comb*: **~-bill** यात्रियों या माल की सूची, चलान, चालान, रवन्ना, **~-farer** राह-चलता, राहगीर, (पैदल) यात्री; **~-faring** पद-यात्रा; **~-out** असाधारण, उत्कृष्ट; प्रगतिशील; **wayside** *n* (i) सड़क का किनारा, (ii) सड़क के साथ लगी ज़मीन, *adj* सड़क के किनारे पर स्थित [wayside inn, flowers, etc]; **way station** (U.S.) छोटा स्टेशन, **way train** (U.S.) सब स्टेशनों पर रुकने वाली गाड़ी; **18** *adv* (*colloq*) काफ़ी, बहुत, कहीं, **~ off** the target लक्ष्य से कहीं दूर; **~ back** बहुत समय पहले; **~ above** कहीं अच्छा [The American standard of living is ~ above that of the Third World]

waylay वे-ले *vt* ताक में रहना, रास्ता रोक लेना, रास्ता रोक कर लूट लेना [The pilgrims were waylaid by **bandits**]; रास्ता रोक कर बात करना [He waylaid me with a request for an autograph]

wayward वेवर्ड *a* **1** अपनी मरज़ी पर चलने वाला, बात न मानने वाला, ज़िद्दी, हठी, **2** चंचल-स्वभाव, अस्थिरचित्त, मनमौजी

we वी, वि *pron* हम (also used for *I* by royal person or editor of news-paper); *obj.* **us** हम से, हमको, *refl.* **ourself, ourselves** (see ourself)

weak वीक *a* **1** कमज़ोर, दुर्बल [~ health, body, eyes, heart, stomach, etc]; **~ knees** (*fig*) चारित्रिक दृढ़ता का अभाव, संकल्प की दुर्बलता, ढुलमुलपन; **the weaker sex** नारी जाति; **2** दब या झुक जाने वाला, जल्दी टूटने वाला, कमज़ोर, बोदा; **3** (संख्या या मात्रा में) कम [a ~ demand for goods]; **4** (of student etc) कम योग्य, कमज़ोर [He is ~ in spelling, history, etc]; **5** (of argument, evidence, etc) कायल न कर सकने वाला, न जंचने वाला, कमज़ोर, (of light) क्षीण, मन्द, मद्धिम, धुंधला, (of voice) क्षीण, (of market) जिसमें भाव गिर रहे हों, मन्दी का, मन्दा, (of solution or mixture) पतला, पनीला, बेस्वाद [~ tea]; (of style etc) ओजरहित, **6** (of syllable) स्वराघातहीन; (of verb) जिसके भूतकाल के रूप अन्त में -d या -ed लगाने से बनें (*e.g.* play, played, played) (opp. strong, 7); **7** जिसमें संकल्प की दृढ़ता न हो, जो लोभ संवरण न कर सके, लालच में फंस जाने वाला [~ character, man]; **in a ~ moment** लालच के क्षण में; **someone's weak point** *or* **side** कमज़ोरी, त्रुटि, दोष, **8** *comb*: **~-headed** अल्पबुद्धि, मन्दबुद्धि; नीम पागल; **~-hearted** कमज़ोर दिल का; डरपोक, भीरु, **~-kneed** दृढ़संकल्परहित, इरादे का कच्चा, ढुलमुल;

दबाव या धमकियों में आने वाला, झुक जाने वाला, दब्बू [a ~-kneed policy, govt., etc]; ~-**minded** (i) जिसका दिमाग़ कमज़ोर हो; (ii) जिसका संकल्प दृढ़ न हो, ढुलमुल, ~-**spirited** जिसमें साहस की कमी हो, कम-हिम्मत, भीरु, पोच

weaken वीकन *vt* & *i* कमज़ोर (या क्षीण, मन्द, पतला आदि) करना या हो जाना

weakling वीक्‌लिङ्ग *n* शरीर या चरित्र की दृष्टि से दुर्बल आदमी, कमज़ोर आदमी; साहसहीन व्यक्ति

weakly^{1} वीक्‌लि *a* दुर्बल, कमज़ोर, प्रायः बीमार रहने वाला

weakly^{2} *adv* बिना साहस या दृढ़ता के डरते हुए, दब्बूपन से

weakness वीक्‌निस *n* **1** कमज़ोरी, दुर्बलता, **2** बोदापन [~ of argument], **3** (चरित्र की) कमज़ोरी, त्रुटि, दोष, अवगुण, ऐब, **4** (किसी वस्तु या व्यक्ति के प्रति) विशेष आकर्षण या आसक्ति या रुचि (जिससे कि उसका लोभ संवरण न किया जा सके), चस्का, बहुत शौक [He has a ~ for the theatre]; विशेष आकर्षण या रुचि का विषय, वस्तु जिसका किसी को बहुत शौक़ हो· [The theatre is his ~]

weal^{1} वील *n* (*liter*) **1** कल्याण, हित, भलाई, the public *or* general ~ लोक-कल्याण, जन-हित; **2** सुख, समृद्धि, खुशहाली, ~ **and woe**, ~ **or woe** सुख-दुःख, संपत्ति-विपत्ति

weal^{2} *n* & *vt* सांट, नील (=wale *n*, 1); *vt* सांट या नील डालना

wealth वे़ल्थ *n* **1** रुपया-पैसा, धन-दौलत, संपत्ति, अपार धन-धान्य, ऐश्वर्य, समृद्धि, **2** अमीरी, संपन्नता, **3** प्राचुर्य, बाहुल्य, बहुतायत, भरमार [a ~ of detail, illustration], **4** ~-**tax** व्यक्ति के रुपये-पैसे पर लगने वाला कर, संपत्ति-कर

wealthy वे़ल्थि *a* धनी, धनवान्, धनाढ्य, अमीर, दौलतमन्द

wean वीन *vt* **1** (बच्चे का) दूध छुड़ाना [to ~ a child]; **2** *fig* (बुरी) आदत छुड़ाना [to ~ s.o. (away) **from** a habit etc]; (बुरी) संगति से अलग करना या हटाना, संग छुड़ाना; छुड़ाना [The patient's condition is improving. He has been ~ed from the respirator]; ~**ing** वीनिङ्ग *n* दूध छुड़ाना, दूध-छुड़ाई, स्तन्य-त्याग; ~**ling** वीन्‌लिङ्ग *n* हाल में दूध छुड़ाया हुआ बच्चा

weapon वे़पन *n* **1** शस्त्र, अस्त्र, हथियार, **2** (संघर्ष आदि में विपक्षी को हराने का) साधन, हथियार [the ~ of a general strike]; ~-**less** निःशस्त्र, निरस्त्र, निहत्था

weaponry वे़पन्‌रि *n* **1** शस्त्र-समूह, शस्त्रास्त्र; **2** शस्त्रनिर्माण

wear^{1} वे़अर *vt* & *i* (wore, worn) **1** पहनना, धारण करना [to ~ socks, pants, diamonds, a cap or turban]; **to ~ the crown** मुकुट या ताज पहनना; राजा या सम्राट् होना; (of woman) **to ~ breeches** *or* **trousers** पति पर हुक्म चलाना, **2** पहनना या लगाना [to ~ glasses, medals], **3** to ~ a beard दाढ़ी रखना; to ~ one's hair long (*or* short) लंबे (या छोटे) बाल रखना, to ~ (s.o. *or* a principle) **in one's heart** (किसी व्यक्ति का) भक्त या वफ़ादार होना; (किसी सिद्धान्त के प्रति) गहरी निष्ठा होना; **4** to ~ a smile चेहरे पर मुस्कराहट होना, to ~ a sad look उदास दिखाई देना, to ~ **one's years well** असली उमर से छोटा लगना, युवा प्रतीत होना; **5** (चिर-प्रयोग से) घिसाना [stairs worn with pilgrims' steps], (रगड़ से) मिटा देना [The inscription has (been) worn away], छिजाना, में छिद्र कर देना [to ~ a sock through], **6** थका देना [worn with toil, travel]; कमज़ोर करना, दुबला-पतला करना [He is worn to a shadow with care]; **7** *vi* घिस जाना, छीजना; (*of material*) to ~ well टिकाऊ होना, बहुत चलना, to ~ badly कम चलना, जल्दी घिस जाना; (of old person) **wears** (*or* **is wearing**) **well** युवा लगता है (also see 4 above); **8** (of time) धीरे-धीरे या किसी न किसी तरह बीतना [The day, evening, night wore on, away]; **9** (with *prepp.*) to ~ **down** निरन्तर प्रयत्न से या धीरे-धीरे ख़तम कर देना [to ~ down the opposition]; to ~ **off** (*vt*) ख़तम करना, मिटा देना, (*vi*) ख़तम होना, मिट जाना, जाता रहना [The impression soon ~s off; The novelty of the sight soon wore off]; to ~ **on** (see 8 above); to ~**out** थका देना [worn out with work]; घिस कर बेकार हो जाना [Cotton shirts soon ~ out]; धीरे-धीरे ख़तम हो जाना या ख़तम कर देना [to ~ out s.o.'s patience]; **10** (**well-**) **worn** (of idea, joke, etc) घिसा-पिटा, पुराना; (of clothes) फटा-पुराना (also **worn-out**); **11** **wearing** *n* & *a* पहनाई, पहनना; wearing apparel पहनने के कपड़े; *a* थकाऊ, उबाऊ [a wearing companion, occupation]

wear^{2} *n* **1** पहनाई, पहनना [cotton is good for summer ~; Kurta for evening ~], **in ~** व्यक्ति द्वारा बराबर पहना जा रहा [This coat is in ~]; **in general ~** बहुत लोगों द्वारा पहना जा रहा, फ़ैशनेबुल, **2** (विशेष अवसर पर) पहनने के कपड़े [sports ~]; पहनावा, पहरावा, पोशाक [children, ladies', men's, ~]; **3** अंग-विशेष पर पहनने की चीज़ [foot~, under~], **4** **wear (and tear)** (यन्त्र आदि की) घिसाई, टूट-फूट, (कपड़े की) छीज; (यन्त्रों के) रख-रखाव का

ख़र्च; 5 टिकाऊपन; प्रयोग में आते रहने की क्षमता, There is no ~ (left) in it यह (कपड़ा आदि) और नहीं चल सकता

wear^3 *vt* & *i* (wore) जहाज़ के अगले सिरे को हवा के रुख़ से हटाना, (जहाज़ को) मोड़ना; (जहाज़ का) मुड़ जाना

weariness विअरि-निस *n* थकावट, थकान; ऊब; **wearisome** विअरि-सम *a* थकाऊ; उबाऊ

weary^1 विअरि *a* 1 जो और शारीरिक या मानसिक श्रम न कर सके, थका हुआ, थका-मांदा, निढाल, श्रान्त, क्लान्त; 2 जिसका और काम करने को जी न चाहे, ऊबा हुआ [~ of excuses], 3 थकाऊ, उबाऊ [a ~ journey], ग्लानिजनक

weary^2 *vt* & *i* (wearied) थका या उबा देना [**to ~ s.o. with** one's requests]; *vi* थक या ऊब जाना [to ~ **of** s.o., **of** s.o.'s requests]

weasel वीज़ल *n* & *vi* 1 फुर्तीला मांसाहारी छोटा और पतला चौपाया-विशेष, वीज़ल; 2 **~-faced** तीखे नक्श वाला; **~ words** दो-मानी बात; भ्रान्तिजनक बात, वाक्छल; *vi* दो-मानी बात करना, वाक्छल करना; to ~ out of an agreement, obligation, etc करार आदि से अलग हो जाना या पीछा छुड़ाना

weather^1 वेॅदर *n* 1 मौसम, ऋतु, 2 (of ship) **to make good** (*or* **bad**) **~ of it** तूफ़ान में ठीक तरह से (या मुश्किल से) चलना; (of person) **to make heavy ~ of sth** कोई काम कठिन लगना, 3 (*of* aeroplane) **above the ~** बादलों से ऊपर (जहां वातावरण शांत होता है), 4 **under the ~** (*colloq*) जिसकी तबीयत ठीक न हो, अस्वस्थ-सा, 5 *comb*: **~-beaten** (i) आंधी-पानी या धूप में पड़ा रहने से पक्का (अथवा खराब) हुआ हुआ, (ii) (of face) कुछ काला या भूरा हुआ हुआ, झुलसा हुआ; **~-bound** मौसम की ख़राबी के कारण रुका हुआ; **weathercock** *n* वातसूचक, बादेनुमा, *fig.* रुख़ बदलते रहने वाला आदमी, अस्थिरवृत्ति व्यक्ति, **~ forecast** (अगले कुछ घंटों या दिनों में) मौसम का हाल, मौसम का अनुमान; **weatherman** मौसम-वैज्ञानिक, **~-proof** जिस पर किसी तरह के मौसम का असर न हो, वर्षासह, **~-prophet** मौसम की भविष्यवाणी करने (का दावा करने) वाला; **~-station** मौसमविज्ञान-केन्द्र; **~-vane** = weathercock (see above); **~-worn** आंधी-पानी या धूप आदि से ख़राब हुआ हुआ

weather^2 *a* 1 (*naut*) पवनाभिमुख [**on the ~ side**]; 2 **to keep one's ~ eye open** (*fig*) चौकन्ना रहना

weather^3 *vt* & *i* 1 (सुखाने आदि के लिए) खुली हवा में रखना, 2 usu in *pass* (पत्थर, चट्टान को) कुछ-कुछ तोड़-फोड़ देना, विशीर्ण करना, विघटित करना; 3 रंग बिगाड़ना, बदरंग करना [rocks ~ed by wind and water]; *vi* विशीर्ण होना, बदरंग होना; 4 *vt* (of ship) तूफ़ान से बच कर निकल आना [**to ~ a storm**], *fig* झेलना और बच कर निकल आना, सामना करना, में से गुज़रना, सकुशल पार होना [to ~ a (political) storm, trouble, danger, etc]; 5 (of ship or crew) **to ~ a cape** etc अन्तरीप की पवनाभिमुख दिशा में चला जाना

weatherly वेॅदर्लि *a* (of ship) हवा के रुख़ रहने वाला या रह सकने वाला

weave^1 *vt* & *i* (wove, woven) & *n* 1 (कपड़ा, जाल आदि) बुनना, [to ~ (yarn into) cloth, to ~ cloth out of yarn, to ~ a mat, web, etc]; 2 गूंथना [to ~ threads together, to ~ a garland of flowers, to ~ a basket], 3 (*vi*) बुनाई करना; 4 *vt* (विभिन्न अंगों को जोड़ कर) बनाना, रचना, गढ़ना [~ to a tale, poem, plot, etc]; 5 (किसी रचना में नई चीज़) जोड़ना, अन्तर्ग्रथित करना [to ~ new facts, details, into a tale etc]; *n* बुनावट

weave^2 वीव *vi* इधर से उधर और उधर से इधर आना-जाना, (रुकावट से बचने के लिए) टेढ़े-मेढ़े चलना [The road ~s through the valley]

weaver वीवर *n* 1 बुनकर, जुलाहा, 2 **~(-bird)** बया

weaving वीविङ्ग *n* बुनाई, बुनावट

weazen वीज़न *a* (see wizened)

web वेॅब *n* & *vt* & *i* 1 (-bb-) बुनी हुई चीज़, कपड़ा, वस्त्र; (*fig*) **a ~ of lies** झूठ का ताना-बाना, सरासर झूठ; 2 (कपड़े का) थान; काग़ज़ का थान; 3 (मकड़ी आदि का) जाला, 4 जाल (जैसी कोई चीज़) [~ of branches]; 5 (जलचर पक्षियों या जानवरों की) उंगलियों के बीच की झिल्ली, जाल, **~-fingered** झिल्लीदार उंगलियों वाला; जालहस्त, **~-footed**, **~-toed** झिल्लीदार पंजों वाला, जालपाद, 6 पक्षी के पर का चपटा भाग, पिच्छफलक, 7 (यन्त्र के स्थूल भागों को जोड़ने वाली) पतली चपटी पट्टी (*e.g.* रेलगाड़ी के पहिये की नाभि और नेमि के बीच की पट्टी), जोड़-पट्टी, 8 (बेलन पर लपेटे हुए अख़बारी काग़ज़ का) गोला, 9 **~-bed** *a* जालपाद; *vt* & *i* (रर) जाल बुनना

webbing वेॅबिङ्ग *n* 1 निवार, नेवार, 2 (कंबल आदि पर लगी) मज़बूत किनारी

wed वेॅड *vt* & *i* (wedded or wed). 1 = marry, 2 *fig* मेल या संबंध या संयोग स्थापित करना, जोड़ना, मिलाना, संयुक्त करना [to ~ efficiency to economy], 3 *vi* विवाह करना

wedded वेॅडिड *a* (sometimes wed, as in 3) 1 विवाह का, वैवाहिक, विवाहित [~ life, bliss], 2 जिसका विवाह हुआ हो, ब्याहा हुआ, विवाहित [~ pair], 3 **newly-weds** नव दम्पति; 4 **to be**

~ **to** से अटूट या स्थायी या शाश्वत संबंध होना, के प्रति अपने आप को समर्पित कर देना, का हो रहना [to be ~ to a profession, cause, etc]; to be ~ to an opinion अटल या दृढ़ मत होना

wedding वे॑डिङ्ग *n* विवाह; विवाहोत्सव, ~-**cake** विवाह का केक (जो काट कर वर-वधू तथा अतिथियों को दिया जाता है); ~-**ring** विवाह की अँगूठी (जो वर वधू को या वधू वर को देती है)

wedge वे॑ज *n* & *vt* **1** लकड़ी या धातु का टुकड़ा जिसका एक सिरा दूसरे से पतला होता है और जो लकड़ी चीरने या दरार को बड़ा करने अथवा छेद में ठोंकने के काम में आता है, फन्नी, पच्चर, स्फान, फान, **2** फूट डालने वाली चीज़ या बात [to drive a ~ between . . .], **3 the thin end of the wedge** (अवांछनीय कार्यवाही का) पहला कदम या आरंभ (जिसके बाद वैसी और कार्यवाही की आशंका हो), शुरुआत, **4** फन्नी के आकार की कोई चीज़, फाँक [~ of **cake,** lemon, etc]; *vt* **1** फन्नी से कसना, **2** छिद्र में या दो वस्तुओं के बीच जैसे-तैसे घुसेड़ना [I was ~d in between two fat passengers]; ~-**shaped** फानाकार

wedlock व़े॑ड्लो॑क *n* विवाहित अवस्था या जीवन, **born in** (*or* **out of**) ~ औरस (अथवा जारज) संतान

Wednesday वे॑न्ज़्-डे *n* बुधवार

wee वी *a* **1** छोटा, नन्हा, लघु, **2** *a.* ~ bit (*colloq*) बहुत छोटा टुकड़ा, ज़रा-सा

weed वीड *n* & *vt* & *i* **1** घास-पात, खर-पतवार, कुतृण, अपतृण, (*arch*) **the (Indian, soothing)** ~ तम्बाकू, the ~ (*sl*) = marijuana; **2** दुबला-पतला और लंबा आदमी; **3** *comb*: ~-**grown** = weedy; ~-**killer** अपतृणनाशी; *vt* **1** खर-पतवार निकालना, निराना, नींदना [to ~ a garden]; **2 to** ~ **out** (ख़राब पौधों को) निकालना, उखाड़ फेंकना; *fig* (ख़राब अंश या अवांछनीय व्यक्तियों को) छाँटना, निकालना [to ~ out inefficient workers]; **3** (*vi*) निराई करना; छँटनी करना; ~**er** *n* **1** निराई करने वाला, **2** निराई की मशीन; ~**ing** *n* निराई

weeds व़ीड्ज़ *n pl* **(Widow's)** ~ मातमी लिबास, शोकवस्त्र

weedy वीडि *a* खर-पतवार से भरा हुआ

week व़ीक *n* **1** सप्ताह, हफ़्ता What day of the ~ is it? आज क्या दिन (या वार) है ? **2** सात दिन (का समय), **3 a** ~ **(from) today;** *or* **today, this day, week** एक सप्ताह बाद आज के दिन; **Monday, Tuesday, etc week** एक सप्ताह बाद आने वाला सोमवार, मंगलवार आदि; **4 weekday** रविवार के सिवाय कोई दिन, **week-end** *n* शनिवार और रविवार; कभी-कभी शुक्रवार शाम से सोमवार सवेरे तक का समय, सप्ताहान्त; *vi* सप्ताहान्त बिताना [We'll week-end at Mussoorie]

weekly व़ीक्लि *a* & *n* & *adv* **1** सप्ताह में एक बार होने वाला, साप्ताहिक, **2** सप्ताह-भर का; *n* साप्ताहिक पत्र या पत्रिका; साप्ताहिक; *adv* प्रति सप्ताह [once, twice, ~]

ween व़ीन *vt* (*arch*) समझना, का विचार या मत होना

weeny वीनि *a* (*colloq*) बहुत छोटा

weep व़ीप *vi* & *t* (wept) & *n* **1** रोना, आंसू बहाना, विलाप करना [to ~ **for, over,** s.o., sth; to ~ **at** one's failure etc]; **to** ~ **for joy** खुशी के आंसू बहाना; to ~ **with pain** दर्द के मारे रोना, **2** से बूंदें गिरना; टपकना, चूना, **3** (of tree, rock, wound, etc) रिसना, से स्राव होना [~ing eczema]; **4** *vt* (आंसू) बहाना, गिराना, टपकाना [to ~ bitter tears]; **to** ~ **one's eyes** *or* **heart out** बहुत रोना, रो-रो कर बुरा हाल हो जाना; to ~ oneself to sleep रोते-रोते सो जाना; *n* रोना, रोदन, रुलाई [to have a good ~], विलाप; ~**er** *n* **1** रोने वाला व्यक्ति, **2** (शोक के अवसर पर भाड़े का) रोवैया; ~**ing** *n* & *a* **1** रुलाई, रोदन; विलाप; **2** (पेड़ आदि का) स्राव, रिसना; *a* **1** रोता हुआ, **2** रिसने वाला, **3** झुकी हुई टहनियों वाला, ~ing willow एशियाई विलो

weepie व़ीपि *n* (*colloq*) रुलाने वाला नाटक, फ़िल्म आदि

weepy व़ीपि *a* & *n* (*colloq*) रोआसा; n = prec

weever वीवर *n* एक प्रकार की समुद्री मछली

weevil वीवल *n* अनाज या लकड़ी आदि में लगने वाला कीड़ा, घुन

weft वे॑फ़्ट *n* **1** कपड़े की बुनावट के आड़े तागे, बाना, भरनी (cf. warp), **2** बुना हुआ कपड़ा आदि

Wehrmacht G वे॑अर्माख़्ट *n* (द्वितीय विश्वयुद्ध के समय में) जर्मन सेना

weigh वे *vt* & *i* & *n* **1** तोलना (या तौलना), वज़न करना, जोखना, **2** (बिना तराज़ू के) वज़न का अनुमान करना [to ~ sth in one's hand], **3** (निर्णय पर पहुंचने के लिए) मन में सोचना, अच्छी तरह विचारना [to ~ **the consequences;** to ~ the pros and cons]; जांचना [to ~ the facts], तुलना करना, तुलनात्मक महत्त्व निर्धारित करना [to ~ one thing **against** *or* **with** another]; **to** ~ **one's words** (अपने अभिप्राय से न अधिक न कम कहने के लिए) अपने शब्द सावधानी से चुनना; **4** (बड़ी मात्रा में से निश्चित मात्रा) तोल कर निकालना [to ~ **out** 5 kg. of sugar]; **5 to** ~ **anchor** लंगर उठाना, **6 to** ~ **down** झुकाना [Fruit ~s down branches;

branches are ~ed down by fruit]; दबाना, कमर तोड़ देना, उदास करना [a person ~ed down with cares]; 7 *vi* इतना भार या वज़न होना [it ~s 5 kg.]; भारी या वज़नी होना; 8 *fig* का महत्त्व होना, महत्त्वपूर्ण होना; **to ~ with s.o.** के विचार से महत्त्वपूर्ण होना, को प्रभावित करना [the point that ~s with me]; **9 to ~ (heavy *or* heavily) (up)on s.o.** मन या दिमाग़ पर (बहुत) बोझ डालना, चिन्ता का कारण होना या बनना [The debt is ~ing on his mind], **10** (of jockey, boxer, wrestler, etc) **to weigh in** (प्रतियोगिता से पहले) अपना वज़न कराना, का वज़न किया जाना, **11** *comb*: **~bridge** सड़क में लगी तोलने की मशीन (जिसके फलक पर ट्रक आदि खड़े किये जा सकते हैं), सेतु-तुला, तोल-सेतु; **~ing-machine** बड़ा तराज़ू, काँटा; **~man** माल तोलने वाला, तोलक, तोला; **12 ~ment** *n* तोल, तोलन, ~ment charges तुलवाई, तुलाई

weight^1 वेट *n* **1** भार, वज़न; भारीपन; **to throw one's ~ about** (*colloq*) यों ही धौंस जमाते फिरना, **2** *phys* गुरुत्वाकर्षण के कारण पदार्थ को धरती की ओर खींचने वाला बल, गुरुत्व, गुरुता, भार [The ~ of a body varies according to its distance from the centre of the earth but its mass does not], **3** तोल (या तौल) [to sell goods by ~]; **4** बाट, ~ inspector बाट-निरीक्षक, **5** भारी चीज़, भार [A heart patient must not lift weights], **6** (चिन्ता, ज़िम्मेवारी आदि का बोझ, भार [That's a ~ off my mind], **7** महत्त्व, गौरव, गुरुता, [His opinion is of great ~]; रसूख़, महत्त्व, [a man of great, no, ~]; (तर्क, दलील आदि का) महत्त्व, बल, प्रबलता; **to carry ~** प्रभावशाली होना, महत्त्वपूर्ण होना, ज़ोरदार होना, **8 to pull one's ~** नाव खेने में अपने भार के अनुसार ज़ोर लगाना, *fig* अपने हिस्से का काम कर देना; **9** *comb*: **~-lifting** (*sport*) भार उठाना; **~-watcher** (बहुत मोटा होने से बचने के लिए) अपने वज़न का ख़्याल रखने वाला

weight^2 *vt* **1** (चीज़ के साथ) भार बांधना या लटकाना, पर भार लादना, **2** भारी या बोझल (या बोझिल) कर देना; बोझल बना कर अटका देना, **3** (व्यक्ति का) महत्त्व बढ़ाना; (तर्क का) बल बढ़ाना, प्रबल करना, **4** (मसाला लगा कर कपड़े को) देखने में मज़बूत बनाना

weightage वेटिज *n* महत्त्व, पक्षपात, रिआयत, (*politic*) **to give ~ to** (minorities etc) आबादी के अनुपात से अधिक प्रतिनिधित्व या अधिकार या महत्त्व देना, अधिप्रतिनिधित्व देना

weightless वेट्लिस *a* भारविहीन; **~ness** *n* भारविहीनता [An astronaut experiences ~ness in space]

weighty वेटि *a* **1** भारी, वज़नी, बोझल, **2** प्रबल, ज़ोरदार, वज़नदार, [~ argument, reason, etc], **3** महत्त्वपूर्ण; प्रभावशाली, रसूख़ वाला

weir विअर *n* (नदी में पानी की सतह ऊंची करने या प्रवाह नियमित करने के लिए उसके) आर-पार बना बांध, बंधारा, उद्रोध, वीयर

weird^1 विअर्ड *n* (esp. Sc.) भाग्य, नियति, किस्मत

weird^2 *a* **1** अलौकिक, अपार्थिव, असाधारण; *colloq* विलक्षण, विचित्र, अजीब, अनोखा; समझ में न आने वाला, **2** रहस्यमय; भयावह, भयानक, रहस्यमय एवं भयानक [a ~ sound]; **the ~ sisters** = the Fates (see fate, 2); **weirdie, weirdy** *nn* (*colloq*) सनकी व्यक्ति

welcome वे̆ल्कम *int*, *n*, *a* & *vt* स्वागत! आपके आने से हमें खुशी है! [Welcome (to you)! welcome home!]; *n* **1** स्वागत, आवभगत, अभिनन्दन [**to bid s.o. ~**]; **to wear out *or* outstay one's ~** किसी के यहां बार-बार जा कर या बहुत देर ठहर कर उसे उबा देना; **to give s.o. a warm ~** (i) हार्दिक स्वागत करना; (ii) कड़ा विरोध या मुकाबला करना; *a* जिसका आगमन या प्राप्ति प्रिय या सुखद हो, आनन्ददायक, अभीष्ट, शुभ, अच्छा लगने वाला [a ~ guest, change, interruption, etc]; **to make s.o. ~** किसी को अवगत कराना कि उसका आगमन अच्छा लगा है; **2** (*pred adj*) **~ to** जिसे (कुछ करने की) खुली छुट्टी या पूरी इजाज़त हो; [You are ~ to try]; **you are ~ to it** आप इसे बड़ी खुशी से ले सकते है; (Thank you very much) **You are ~!** (*colloq*) धन्यवाद देने की ज़रूरत नहीं है! शरमिन्दा न कीजिए!; *vt* स्वागत करना [to ~ s.o., sth]

weld वे̆ल्ड *vt* & *i* & *n* **1** धातु के दो टुकड़ों को तपा और पीट कर जोड़ना, झालना, वेल्ड करना; **2** *fig* घनिष्ठ संबंध स्थापित करना, मिला कर एक कर देना, समन्वित करना [His arguments were closely ~ed], **3** *vi* (of metals) जुड़ जाना [Iron ~s easily]; *n* जोड़, टाँका; झलाई; **~er**, *n* झलाईगर

welfare वे̆ल्फ़े̆अर *n* सन्तोषजनक शारीरिक एवं आर्थिक अवस्था, कुशल-क्षेम, कुशल-मंगल, कल्याण, भलाई; **W~ State** ऐसा देश जिसकी सरकार जनता के कल्याण में तत्पर हो, कल्याण(-कारी) राज्य; **~ work** गरीबों या दीन-दुःखियों आदि का रहन-सहन सुधारने का कार्य, कल्याण-कार्य

welkin वे̆ल्किन *n* (*poet* or *litr*) आकाश, गगन, नभ, व्योम

well^1 वे̆ल *n* **1** कूआँ, कूप; **2** झरना, सोता, चश्मा; *fig* स्रोत, मूलस्रोत, उद्गम, उत्पत्तिस्थान; खान, भंडार, निधि [a ~ of compassion, knowledge, etc]; **3** in *pl* खनिज जल का चश्मा;

वह स्थान जहां ऐसा चश्मा हो; **4** इमारत के बीचों-बीच धरती से चोटी तक कूएं के आकार की ख़ाली जगह (जिसमें सीढ़ियां, लिफ़्ट, रोशनदान आदि होते हैं), कूपक; **5** **~-head** (i) स्रोत, मूलस्रोत; (ii) कूएँ की मुंडेर, **~-spring** = well-head

well^2 *vi* (*liter*) to well **up, out, forth** उमड़ना, उमड़ पड़ना, वह निकलना [Tears ~ed up in her eyes]

well^3 *adv*, *a* & *n* **1** अच्छी तरह से, भली-भांति, सम्यक्, वखूबी; ठीक, ठीक तरह से; Things are going ~ सब काम ठीक हो रहा है; **to do ~ to** (*followed by inf*) ठीक (या बुद्धिमत्ता का) काम करना; You did ~ to come आपने आकर अच्छा या ठीक ही किया; You would do ~ to keep quiet तुम्हारा चुप रहना ही ठीक होगा; **well done!** शाबास !; **2 to come off ~** सफलता प्राप्त करना; ख्याति प्राप्त करना, नाम कमाना; **to be ~ out of it** आसानी से (या विना कष्ट या हानि के) छुटकारा पा लेना; **to stand ~ with s.o.** को अच्छा लगना, को स्वीकार होना; **3** काफ़ी [The prize is ~ over a thousand rupees; he is ~ past 40], पर्याप्त रूप से, बहुत हद तक, (as *intensive*) He is ~ **up** in English वह अंग्रेज़ी में बहुत लायक है; **4** संभवत:, शायद, स्यात् [It may ~ be that you are right]; **5 as well** भी [Take me as ~]; उतना ही ठीक या अच्छा; के बराबर That is just as ~ यह भी ठीक ही है: **as well as** के अतिरिक्त, भी, और [I gave him money as ~ as advice]; *adj* (*pred*) **1** स्वस्थ, भला-चंगा [Is he ~ or ill?], **2** सन्तोषजनक स्थिति में, ठीक, अच्छा [I am very ~ where I am]; उचित, ठीक [It would be ~ to inquire]; **to let** *or* **leave well (enough) alone** जो सन्तोषजनक हो उसे न बदलना या न छेड़ना, जैसा हो रहने देना; **~ enough** काफ़ी अच्छा, सन्तोषजनक; **well and good** (किसी के निर्णय को तटस्थ भाव से स्वीकार करते हुए कहना) बहुत अच्छा, ऐसा ही सही, अस्तु [If you choose to stay here, well and good]; **well off** अच्छी स्थिति में, खुशहाल, काफ़ी अमीर, धनाढ्य; **well-to-do** धनाढ्य, संपन्न, ख़ुशहाल; *adj* (*attrib*) स्वस्थ [A ~ man should not be idle]; *n* कुशल-क्षेम, कल्याण, समृद्धि, सफलता; **to wish s.o. ~** किसी के कुशल (या सफलता आदि) की कामना करना

well^4 *int* **1** (आश्चर्य, चिन्ता-निवृत्ति, अनुमोदन, सशर्त स्वीकृति आदि का बोधक शब्द) अरे ! अच्छा ! [Well, you are here again!], ख़ैर ! अस्तु ! **2** (बातचीत पुन: आरंभ करने के लिए) तो फिर ! [Well, who was it? Well, that's a difficult question]

well^5 *pref* **1** (*to nouns and adjectives*): **well-being** = welfare, **~nigh** (*rhet*) लगभग; **~-wisher** शुभचिन्तक, शुभेच्छु; **2** (*to participles ending in -ed or -ing; and to adjs in -ed*), **~-advised** समझदार; समझदारी से काम लेने वाला [You would be ~-advised to leave the country], समझदारी का [a ~-advised action], **~-balanced** (i) समझदार, बुद्धिमान्, गंभीर, संजीदा; (ii) बराबर का, मुकाबले का, (iii) सुसन्तुलित [~-balanced diet]; **~-behaved** अच्छे व्यवहार या आचरण वाला, शिष्ट, सुशील; **~-beloved** *a* & *n* अतिप्रिय (व्यक्ति); **~-born** अच्छे घराने का, अभिजात, कुलीन; ख़ानदानी; **~-bred** अच्छे आचार-व्यवहार वाला, शिष्ट, तमीज़दार, समझदार; (of horse) अच्छी नसल का; **~-connected** जिसके रिश्तेदार ख़ानदानी लोग हों, कुलीन संबंधियों वाला; **~-defined** सुस्पष्ट, [a ~-defined image]; सुनिर्दिष्ट, सुनिर्धारित [a ~-defined boundary]; **~-disposed (towards)** अनुकूल प्रवृत्ति वाला, मित्रभाव रखने वाला, मेहरबान; सहानुभूति रखने वाला [The Govt. is ~-disposed towards our plan]; **~-founded** (of suspicion, belief, etc) तथ्य या तर्क पर आधारित, ठीक, सच्चा; **~-grounded** (i) = ~-founded; (ii) जिसे मूल सिद्धान्तों का अच्छा ज्ञान हो [He is well-grounded in Physics]; **~-informed** (एक या अनेक विषयों का) अच्छा ज्ञान रखने वाला, बहुत कुछ जानने वाला, सुविज्ञ, बहुश्रुत; जानकारी रखने वाला, जानकार, बाख़बर; **~-intentioned** नेकनीयत, अच्छे इरादे का; नेकनीयती का, अच्छे इरादे से किया हुआ, सदाशयपूर्ण; **~-knit** सुग्रथित, सुगठित [a ~-knit group, plot, etc]; **~-known** (i) सुपरिचित, सुविदित; (ii) प्रसिद्ध, विख्यात; **~-mannered** शिष्ट, तमीज़दार; **~-marked** साफ़ पता लगने वाला, सुस्पष्ट; **~-meaning** नेक इरादे वाला [a ~-meaning but tactless person]; **~-meant** अच्छे इरादे से किया हुआ (किन्तु बेकार या मूर्खतापूर्ण); **~-off** धनी, समृद्ध, खुशहाल, खाता-पीता; **~-paid** जिसे (कार्य या सेवा का) अच्छा इनाम मिला हो, सुपुरस्कृत; **~-preserved** सुरक्षित; (of old man) युवा-सा लगने वाला; **~-read** जिसने बहुत कुछ पढ़ा हो, बहुश्रुत, पंडित; **~-spent** (of money) अच्छी चीज़ आदि पर ख़र्च किया हुआ, (of time) अच्छे काम में लगा; **~-spoken** मधुरभाषी; अच्छा वक्ता, सुवक्ता; **~-timed** यथासमय, अवसरानुकूल, मौके का; **~-to-do** = ~-off; **~-tried** कई बार आज़माया हुआ, सुपरीक्षित; **~-turned** (of compliment, phrase) अच्छे शब्दों में व्यक्त, **~-worn** (*of* garment) फटा-पुराना, जर्जर, जीर्ण-शीर्ण; (*of* argument) घिसा-पिटा

wellington वेॅलिङ्ग्टन *n* (घुटने तक का) पानी-

रोक बड़ा जूता

Welsh^1 वे̆ल्श *a* & *n* (ब्रिटेन के दक्षिण-पश्चिमी प्रदेश) वेल्ज़ (Wales) का; *n* वेल्ज़ की भाषा; वहां के निवासी

welsh^2 वे̆ल्श, **welch** वे̆ल्च *vi* जूए में हारी रकम अदा किये बिना भाग जाना

welt वे̆ल्ट *n* & *vt* 1 (जूते के तले को ऊपरी भाग से जोड़ने वाली) चमड़े की पट्टी, 2 (वस्त्र की) किनारी, कन्नी, मग़ज़ी; 3 सांट, नील (=wale *n*, 1); तीव्र प्रहार; *vt* 1 किनारी या कन्नी या मग़ज़ी लगाना, 2 कोड़े लगाना

welter^1 वे̆ल्टर *vi* & *n* 1 लोटना [pigs ~ing about in the mud], 2 लथपथ हो कर चित पड़ा रहना [to ~ in (one's) blood]; *n* 1 बेमेल चीज़ों का मिश्रण, घाल-मेल, गड्ड-मड्ड, खिचड़ी [~ of creeds, ideas, policies, etc], 2 *arch* कोलाहल, हुल्लड़, हंगामा

welter^2 *n* 1 भारी घुड़सवार या मुक्केबाज़, 2 *colloq* (i) तीव्र प्रहार; (ii) बड़ा आदमी, बड़ी चीज़

wen वे̆न *n* 1 (वि॰ सिर की) त्वचा पर का अर्बुद, गुमड़ी, बतौरी, 2 *fig* बहुत बड़ा नगर; बहुत घनी आबादी वाला नगर, **the great wen** लन्दन

wench वे̆न्च *n* 1 *joc* लड़की, छोकरी, युवती, 2 *arch* वेश्या

wend वे̆न्ड *vt* (*liter*) **to wend one's way** जाना, रास्ता पकड़ना [He ~ed his way home]

went वे̆न्ट (see go)

wept वे̆प्ट (see weep)

werewolf, werwolf विअर्वुल्फ़, वर्वुल्फ़ *n* (*myth*) भेड़िया बना हुआ मानव; भेड़िये का रूप धारण कर सकने वाला मानव, मानव-भेड़िया, भेड़िया-मानव

west वे̆स्ट *n*, *a* & *adv* 1 पश्चिम (दिशा), पच्छिम [a house facing (the) west], प्रतीची, 2 पश्चिम में स्थित प्रदेश, 3 **the West** पाश्चात्य जगत् = **the Occident**; *a* पश्चिमी, **the West End** लन्दन का सुन्दर एवं शानदार भाग (जिसमें बड़ी-बड़ी दुकानें आदि हैं); ~ **wind** पश्चिम से आने वाली हवा, पछवाँ; **West Indian** वेस्ट इंडीज़ का; **West Indies** includes: Bahamas, **Cuba**, Haiti, Jamaica, Trinidad, Grenada, Dominican Republic, Barbados, Puerto Rico, etc; *adv* पश्चिम की ओर [to go, travel, ~]; **to go ~** (*sl*) मारा जाना, बरबाद होना; **to the ~ (of)** (के) पश्चिम में; **westward** *a* पश्चिमाभिमुख; **westward(s)** *adv* पश्चिम की ओर

westering वे̆स्टरिङ्ग *a* (esp of sun) पश्चिम की ओर जाने वाला, पश्चिमाभिमुख

westerly वे̆स्टर्लि *a*, *adv* & *n* 1 पश्चिमी, पश्चिम में स्थित, पश्चिमाभिमुख, 2 पश्चिम से आने वाला, ~ **wind** पछवाँ, *adv* पश्चिम की ओर; *n* पछवाँ

western वे̆स्टर्न *a* 1 पश्चिम का, पश्चिमी, पाश्चात्य, 2 पश्चिम में रहने वाला; ~**er** *n* (यूरोप, अमरीका आदि के अन्तर्गत किसी) पाश्चात्य देश का निवासी, पाश्चात्य, ~**ize** *vt* (व्यक्ति आदि को) पाश्चात्य रंग में रंगना; पाश्चात्य ढंग का बना देना

Westminster वे̆स्ट्मिन्स्टर *n* 1 लन्दन में संसद्-भवन; 2 ~ Abbey=abbey, 3

wet^1 वे̆ट *a* & *n* 1 गीला, भीगा हुआ, तर, आर्द्र; **wet to the skin, wet through** जिसके कपड़े तर-बतर हों; **wet behind the ears** अनुभवहीन, अपरिपक्व; 2 ~ day बरसाती दिन, (also see 3 below), ~ weather बरसाती मौसम; ~ season बरसात, वर्षा ऋतु; 3 ~ **day** मद्यविक्रय का दिन (cf dry^1 day); ~ **state** राज्य जहां मद्यविक्रय की इजाज़त हो, 4 ~ **bargain** सौदा जिसके तय होने पर दोनों पक्ष शराब पियें; 5 ~ **dock** गोदी जिसमें जहाज़ तैर सके, सजल गोदी, 6 ~ **nurse** दूध पिलाने वाली धाय, दूधपिलाई, *n* 1 नमी, गीलापन, आर्द्रता, 2 **the ~** बरसाती मौसम, बरसात, वर्षा, 3 *sl* मद्यपान [to have a ~]; **wetness** *n* गीलापन, आर्द्रता, नमी, तरी

wet^2 *vt* (tt-, wet *or* wetted) 1 गीला करना, तर करना, भिगोना, 2 **to ~ a bargain, deal,** etc सौदा हो जाने पर शराब पीना; to ~ one's whistle (*colloq*) शराब पीना, 3 में या पर पेशाब करना [The dog has wet(ted) the carpet. Does the child ~ its bed?]

wether वे̆दर *n* बधिया या खस्सी भेड़ा या मेढ़ा

whack वै̆क *vt* & *n* (*colloq*) 1 (डंडे आदि से तड़ातड़ पीटना, 2 (प्रतिपक्षी को) बुरी तरह हराना; 3 (in *pp*) ~**ed** थका-माँदा; ~**ing** पिटाई; *n* 1 (डंडे का) तीव्र प्रहार, पिटाई; 2 (आज़माइशी) कोशिश, to have a ~ at sth कोई काम करके देखना; 3 *sl* हिस्सा [I had a fair ~]

whacker वै̆कर *n* (*sl*) बहुत बड़ा व्यक्ति या चीज़, बहुत बड़ा झूठ

whacking वै̆किङ्ग *a* & *adv* (*sl*) बहुत बड़ा [a ~ lie]; *adv* अत्यन्त

whale वेल *n* & *vi* ह्वेल (-मछली), तिमिंगल; **a ~ of a** बहुत ज़्यादा, अत्यन्त [a ~ of a good time]; **to be a ~ at, for, on, sth** किसी काम में बहुत कुशल या प्रवीण होना; ~**bone** वेल्बोन (ह्वेल के उपरले जबड़े में पतली पट्टियों के आकार में पाया जाने वाला) कड़ा किन्तु लचकदार पदार्थ, ह्वेल-अस्थि; *vi* ह्वेल का शिकार करना; **whaler** वेलर *n* 1 ह्वेल का शिकार करने का जहाज़, 2 ह्वेल का शिकारी; **whaling** *n* & *a*.1 ह्वेल का शिकार; 2 ह्वेल(-शिकार) उद्योग; *adj* **whaling-gun** ह्वेल पर भाला फेंकने की तोप;

whaling nation ह्वेल-उद्योगी देश

whang वेङ्ग *vt* & *i* & *n* **1** धमाधम पीटना, **2** *vi* (of drum etc) ढम-ढम करना, ढमकना; *n* **1** धम-धम शब्द, तड़ाक; **2** धमाधम या तड़ातड़ प्रहार

wharf वॉर्फ़ *n* (*pl* **-fs**; **-ves**) & *vt* माल लादने-उतारने के लिए लकड़ी या पत्थर का बना चबूतरा जिसके साथ जहाज आकर लगता है, घाट; *vt* **1** (जहाज़ को) घाट पर ठहराना, घाट लगाना, **2** घाट पर (माल) उतारना; **wharfage** वॉर्फ़िज *n* **1** घाट पर (जहाज का) ठहरना या माल उतारना, **2** इस काम के लिए घाट का भाड़ा, घाट-शुल्क

wharfinger वॉर्फ़िन्जर *n* घाट का मालिक, घाटपाल

what वॉट *a* & *pron*. I (*interrog adj*) क्या, कितना, What news? क्या समाचार है?; [What time is it?]; कौन, कौन-सा [What books have you read?]; **W~ good** *or* **use is it?** इससे क्या फ़ायदा (होगा)? (*relative adj*) जो, जो भी [I shall lend you ~ books I have finished], जो कुछ, जितना [Lend me ~ money you can]; (*exclamatory*) कितना बड़ा! कैसा ! [What fool you are!]; कैसा विचित्र ! [What an idea!]; II (*interrog pron*) क्या [W~ is the matter? W~ is to be done?]; (*in asking for repetition of something not properly heard or understood*) [What?; You did what?]; **what about . . .** का क्या समाचार है ? का क्या हाल है ? [W~ about Ram?]; I'll go. W~ about you? [मैं जाऊँगा । और तुम?]; के बारे में क्या होगा ? [W~ about security?]; (मेरा सुझाव है) आपका क्या ख़याल या इरादा है ? [W~ about a cup of tea ?]; (*as a substitute for a name that one cannot recall*) **what d'you-call it; what's-its** (*or* **his** *or* **her**)**-name** (मैं भूल रहा हूं) क्या कहते हैं इसे ? क्या नाम है उसका ? **what for ?** किस लिए ? क्यों ? **what not** (ऐसी और कई चीज़ें या बातें) न जाने क्या-क्या; **what of** के बारे में क्या समाचार है ? का क्या हुआ ? (=what about), **what if** तो फिर क्या (होगा)?; **what is he ?** (i) उसका क्या काम-धंधा या पेशा है? (ii) उसकी क्या हैसियत या पद है ?; **I'll tell you what** मेरा कहना या सुझाव यह है, सुनो !: (*relative pron*) जो, जो कुछ, जो भी; Come what may चाहे जो भी हो; Give me what you can जो भी मुझे दे सकते हो दे दो; (*exclamatory pron*) कितना (अधिक) ! [W~ he must have suffered !]; अरे ! क्या ! [W~! you cannot come]; **~ is more** और इस के अतिरिक्त; **~ with and** (**~ with**) इस बात (या इन बातों) के कारण [W~ with fever and (~ with) starvation he grew very weak]

whatever वॉट्-एँवर **whate'er** *a* & *pron*; I *adj* **1** जो भी, जो कुछ भी, चाहे जो भी [~ books you have read. Do ~ you like]; **2** (with *neg*.) कोई, तनिक भी [He has no chance ~], (with *introg*.) [Has he any chance ~ ?], II *pron* जो भी, जो कुछ भी [Keep calm, ~ happens]

whatsoever वॉट्सो-एँवर=*prec*

wheat वीट *n* **1** गेहूँ; **~-coloured** गेहुँआँ, **2** **~**-meal सूजी; **wheaten** *a* गेहूँ का

wheedle वीडल *vt* **1** फुसलाना, खुशामद करना, खुशामद से किसी को मना लेना [to ~ s.o. into doing sth]; **2 to ~ s.o. out of sth**; to ~ sth out of s.o. चापलूसी या धोखे से किसी से कोई चीज़ ले लेना, ऐंठना, झाँसना; **~r** *n* ठग, झाँसिया

wheel^1 वील *n* **1** (गाड़ी का) पहिया, चक्र, चक्का, **2** पहिये के आकार का उपकरण, चर्ख़ी (या चरख़ी), फिरकी; **potter's ~** चाक; **spinning ~** चर्ख़ा, चरख़ा; **Fortune's ~** भाग्यचक्र, जीवन के चढ़ाव-उतार; **3** अपराधी को अपंग करने या मारने का प्राचीन चक्राकार यन्त्र, **to break s.o. on the ~** चक्र से बाँध कर (और चक्र चला कर) अपांग करना या मारना; **4** (also **steering-~**) गाड़ी या जहाज़ को अभीष्ट दिशा में ले जाने या मोड़ने का चक्का जिसे चालक अपने हाथ से घुमाता है, संचालन-चक्का; **to take the ~, to be at the ~** (गाड़ी, जहाज़ को) चलाना; *fig* (संस्था का) कर्णधार होना, संचालक होना, की बाग-डोर अपने हाथ में होना; **to go on (oiled) ~s** निर्बाध गति से चलना, निर्विघ्न प्रगति होना; **5** in *pl* संस्था आदि को चलाने या चालू रखने के साधन या उपकरण, the ~s of government सरकार की मशीनरी, शासन-तन्त्र; the ~s of commerce वाणिज्य-तन्त्र; **the ~s of life** व्यक्ति को जीवित रखने वाली प्रक्रियाएं, **6** (in *pl*) **wheels within wheels** (i) पेच दर पेच, पेचीदा यन्त्र, गोरखधंधा, (ii, *fig*) There are ~s within ~s कई प्रकार की गुप्त शक्तियां काम कर रही हैं; कई गुप्त चालें चली जा रही हैं; **7** चक्राकार गति, चक्रगति, घुमाव, मोड़ [the intricate wheels of the folk dances]; (esp *mil*) **a right ~** दायीं घूम; **a left ~** बायीं घूम; (also see wheel^2, 4); **8** *comb*: **~barrow** (इकपहिया) ठेला; **~chair** (बीमार के लिए) पहियेदार कुर्सी, **~-horse** (*fig*) बड़ी लगन और ईमानदारी से काम करने वाला आदमी, **~wright** छकड़े (के पहिये) बनाने या मरम्मत करने वाला तरखान

wheel^2 *vt* & *i* **1** (कीली या धुरी पर) घुमाना [to ~ round one's chair], **2** साइकिल, बच्चा-गाड़ी, ठेले (पर रखे सामान आदि) को चलाना,

चला कर ले जाना, ठेलना, ठेल ले जाना, 3 *vi* to ~ **about** *or* **round** घूम कर दिशा बदलना, एकाएक घूम जाना, मुड़ना, 4 (of bird) चक्कर काटना, मँडराना [The kites are ~ing overhead]; *mil* घूमना, मुड़ना; **Right ~!** दायें मुड़ो! **Left ~!** बायें मुड़ो!, 5 **to ~ and deal** (*sl*) व्यापारिक या राजनीतिक क्षेत्र में ख़ूब चालें चलना, अपना रसूख़ बरतते हुए धड़ल्ले से काम करना

wheeler वीलर *n* 1 गाड़ी में दूसरे घोड़ों के पीछे तथा अगले पहियों के निकटतम जुता हुआ घोड़ा; 2 (*fig*) = **wheel-horse** (see wheel¹, 8); 3 (= wheelwright) तरखान

wheeze वीज़ *vi* & *t*, *n*. 1 (दमा-रोगी की तरह) कष्ट से और सूँ-सूँ करते हुए साँस लेना, 2 सूँ-सूँ करना; *vt* to ~ sth out सूँ-सूँ करते हुए कहना; *n* 1 सूँ-सूँ, साँय-साँय, 2 *sl* (अभिनेता द्वारा अभिनय के बीच-बीच में सुनाया गया) चुटकुला या कहानी या कहावत; 3 *sl* अच्छी युक्ति या तरकीब, चाल

whelk¹ वेॅल्क *n* खाद्य (या भक्ष्य) घोंघा

whelk² *n* (=pimple) फुंसी

whelp वेॅल्प *n* & *vi* & *t* 1 पिल्ला, 2 *derog* बेतमीज़ या घृणास्पद बच्चा या युवक; *vi* & *t* 1 (of female dog etc) बच्चा देना, ब्याना, (*derog*, of woman) घृणित बच्चे पैदा करना; 2 कुचक्र चलाना, चाल चलना

when वेॅन *adv*, *conj*, *pron*. & *n* 1 *interrog adv* कब, किस समय, किस अवसर पर, 2 (*rel. adv*) जब [There are occasions ~ one must yield]; *conj* 1 जब [I shall speak ~ the noise stops]; 2 यद्यपि, हालाँकि, जबकि [Why are you here ~ you should be in school]; 3 (=and then) और तब, जब [The President will arrive tomorrow when he will open Parliament]; *Pron*. कितना समय; किस समय, कब [Till ~ is the office open? Since ~ have you been here?]; *n* समय, दिन, तिथि, अवसर [the when and the where of an act]

whence वेॅन्स *adv* & *conj* (*arch* or *literary*). *interrog adv* कहां से [Do you know ~ the Moguls came?]; *conj* 1 जहां से [the source ~ these evils spring]; 2 जिस बात से, और इस बात से; और इसलिए, अत: [He kept mum whence I conclude that . . .]

whenever वेॅनेॅवर, **whene'er** *conj* & *adv* जब-जब, जब भी, जब कभी, हर समय [You may come ~ you like]; **or whenever** (*colloq*) या किसी भी समय [A mendicant may turn up in the morning, or at noon, or ~, and ask for alms]

whensoever वेॅन्सो-एॅवर, **whensoe'er** वेॅन्सो-एॅअर *conj* & *adv* = prec.

where वेॅअर *adv*, *conj*, *pron* & *n*. I *interrog adv* (i) कहां, किस स्थान में, कहां पर, किधर; (ii) किस या कैसी स्थिति में [W~ will you be if that happens?]; (iii) किस विषय या पहलू या बात में [W~ does it concern us?]; *rel. adv* जहां, जिसमें [the house ~ I was born]; जिधर (उधर) [Go ~ you like]; जहां (वहां) [I shall stay ~ I am]; (iv) जिस विषय या पहलू या बात में [That is ~ you are mistaken]; (elliptical) जिस विषय में, जहां [Delete ~ inapplicable]; *conj* (=and there) और वहां [At noon we reached Jammu where we had lunch], *pron* (i) कहां, किधर; (ii) जहां, जिधर [This is ~ I found the purse]; *n* स्थान, स्थल [the ~ and the when of an act]; II *comb*: **whereabouts** *adv* किस स्थान में, कहां [~abouts is he?]; *n* (construed as *sing* or *pl*) स्थान या जगह (जहां कोई वस्तु हो या मिले), (व्यक्ति का) पता, अता-पता, ठौर-ठिकाना [No one knows his ~abouts]; **whereas** *conj* 1 हालांकि, जबकि (इसके विपरीत) [I was in time, whereas the others were late]; 2 (in legal preambles) यह देखते या सोचते हुए कि, चूँकि, क्योंकि; **whereby** *conj* जिससे, जिस साधन से, जिस कारण; **wherefore** *adv* (i) क्यों, किस लिए, (ii) जिस कारण (से); *n* कारण [the whys and wherefores of a situation]; **wherein** (i) किस स्थान में; किस बात या पहलू में, (ii) जिस स्थान में, जिस बात में; **whereof** किसका; जिसका, **whereupon** जिस पर, जिस कारण (से); जिसके बाद; **wherewithal** *n* (*colloq*) रुपया-पैसा आदि साधन [He has not the ~ to do it, to pay the rent, etc]

wheresoever वेॅअर्सो-एॅवर *conj* = foll.

wherever वेॅअर्-एॅवर *conj* जहां भी, जहां कहीं भी; सब जगह, सर्वत्र [I find a friend ~ I go]

wherry वेॅरि *n* छोटी हल्की नाव, डोंगी, पनसुई, पनसुइया, शिकारा; **~man** *n* मांझी

whet वेॅट *vt* (-*tt*-) & *n* 1 (चाकू आदि को) तेज़ करना, पैना करना, सान देना (या धरना या चढ़ाना) [to ~ a knife, tool, etc], 2 (भूख, इच्छा, रुचि आदि) बढ़ाना, तेज़ करना, उत्तेजित करना [to ~ the appetite etc], 3 **whetstone** धार तेज़ करने का पत्थर, सिल्ली, सान; *fig* बुद्धि को तेज़ करने वाली चीज़ या उपाय, (*n*) 1 सान-धराई, 2 तेज़ या उत्तेजित करने वाली चीज़, 3 शराब की तनिक मात्रा, घूँट

whether वेॅदर *conj* 1 (*introducing an indirect question, expr. doubt or choice between alternatives*) कि, आया [I don't know ~ he is here (or not)], **2** (*introducing the first of the two or more alternatives, and sometimes repeated before the second etc. alternatives*) यदि, चाहे, चाहे · · · चाहे [It matters little ~ we go or stay; W~ we go or ~ we stay, the result will be the same], **3 whether or no** (see 'no' *adv*)

whew ह्यू *int* आश्चर्य, घबराहट आदि व्यक्त करने की सीटी, ह्यू ! फ़ू !

wire[2] *vt* & *i* **1** तार लगाना, **2** तार से बांधना, **3** (घर में बिजली लगाने के लिए) बिजली का तार लगाना [to ~ a house, etc], **4** *colloq* तार (से सन्देश आदि) भेजना, तार से बताना, तार देना [W~ me the result, news, etc; ~ him to come]; **5** *vi* तार देना [to ~ to s.o.]; to ~ for s.o. किसी को तार दे कर बुलाना

wireless वाइअर्लिस *a* & *n* **1** बिना तार का, बेतार, ~ **telegraphy** रेडियो से सन्देश या तार भेजने की पद्धति, **2** रेडियो का, ~ **set** रेडियो, *n* बेतार-सन्देश; रेडियो-प्रसारण; रेडियो कार्यक्रम

wiring वाइअ-रिङ्ग *n* (इमारत आदि में लगे) बिजली के तार

wiry वाइअरि *a* **1** तार का (बना हुआ), **2** तार-जैसा मज़बूत और लचीला, **3** (of person) तगड़ा, न थकने वाला

wisdom विज़डम *n* **1** बुद्धिमत्ता, समझदारी, अक्लमन्दी; विवेक, प्रज्ञा, **2** बुद्धिमत्तापूर्ण उक्ति, सूक्ति; W~ of Solomon पुरानी बाइबिल का खण्डविशेष, **3** ~ **tooth** अक्लदाढ़ (जो कि लगभग 20 वर्ष की आयु में निकलती है)

wise[1] वाइज़ *a* & *vt* & *i* **1** बुद्धिमान्, समझदार, अक्लमन्द, विवेकी, विवेकशील, प्रज्ञावान्, **2** (of action, decision) बुद्धिमत्ता या समझदारी का, विवेकपूर्ण, **3** जानने वाला, जानकार, **to be** *or* **get wise to a fact etc** (*sl*) कोई बात जान जाना, किसी बात का पता लगना, **to put s.o. ~** (to sth) (*sl*) किसी को जानकारी देना, बताना [I'll put him ~ to what is happening], **to be ~ after the event** बाद में समझ पाना कि ऐसा क्यों हुआ; **4 wise guy** (*colloq*) सब कुछ जानने वाला, जिसे हर बात का पता हो; *vt* & *i* **to ~ up** (*sl*) किसी को बताना या समझाना; जानने या समझने लगना, जान या समझ जाना

wise[2] *n* (*arch*) ढंग, प्रकार, तरह [in some, no, any, wise]

wise[3] *suf* forming *adjj* and *advv* of manner (*e.g.* clockwise, lengthwise) or respect (*e.g.* moneywise)

wiseacre वाइज़ेकर *n* बुद्धिमत्ता का ढोंग करने वाला, पंडितम्मन्य

wisecrack वाइज़्क्रैक *n* & *vi* मज़ेदार बात, चुटकुला; *vi* चुटकुला सुनाना या छोड़ना

wish विश *n* & *vt* & *i* **1** चाह, इच्छा, कामना, अभिलाषा, मनोरथ; **The ~ is father to the thought** मनुष्य जैसा चाहता है कि हो, वह मान लेता है कि वैसा ही है, इच्छा कल्पना की जननी है; *Prov*: **If ~es were horses beggars would ride** यदि इच्छामात्र से धन मिल जाता तो कोई निर्धन न होता; **2 best** *or* **good wishes** शुभकामनाएं, *vt* **1** चाहना, इच्छा होना [I do not ~ it; I ~ to go; I ~ you to go]; **I ~**

I had seen it! काश मैं इसे देख पाता ! 2 (दूसरों के विषय में) चाहना, कामना करना [I ~ you success]; He ~es me well, ill वह मेरा भला, बुरा, चाहता है; 3 नमस्कार या अभिवादन करना [to ~ s.o. 'good morning etc], 4 *vi* to ~ **for** (प्राय: असंभव वस्तु की) कामना करना, के लिए प्रार्थना करना [He ~ed for a son]; तरसना [The wounded soldier ~ed for a glass of water]

wishful विश्फ़ल *a* 1 इच्छुक, अभिलाषी, 2 ~ **thinking** जैसा चाहना कि हो वैसा समझ या मान लेना कि है, इच्छा-मूलक या इच्छाजनित धारणा

wish-wash विश्वॉश *n* 1 बहुत पतला या बेस्वाद पेय, 2 नीरस बातचीत; हल्का या बेजान लेख, बक-बक

wishy-washy विशि-वॉशि *a* (of tea, soup, etc) फीका, बेस्वाद, घटिया

wisp विस्प *n* 1 (of straw, hay) पूला; ~ of hair बालों का गुच्छा, 2 बहुत दुबला-पतला व्यक्ति [a ~ of a man, girl, etc]

wistful विस्ट्फ़ल *a* सोच में पड़ा हुआ, उदास, उत्कंठित; जो समझना चाहता हो पर समझ न पा रहा हो; ~**ly** *adv* उत्कंठापूर्वक

wit^1 विट *vt* & *i* (the only forms used: *pres* I wot, thou wottest, he wot; *pt* & *pp* wist; *inf* wit; *part* witting) 1 *arch* जानना, God wot ईश्वर जानता है; 2 **to wit** अर्थात्, यानी

wit^2 *n* (in *sing* or *pl*) 1 समझ, अक्ल, दिमाग़, बुद्धि, मति [He has not the ~ to understand this]; He has quick, slow, ~s वह प्रखरबुद्धि, मन्दबुद्धि, है, **to be at one's wit's** *or* **wits' end** किंकर्तव्यविमूढ़ या हतबुद्धि हो जाना, अक्ल चकरा जाना; **out of one's ~s** परेशान, विक्षिप्त, पागल; **to have** *or* **keep one's wits about one** सावधान या सतर्क या सचेत या चौकस या होशियार रहना; **to live by one's wits** (विशेष काम-धंधा न होते हुए) चालाकी-चतुराई से जीविका कमाना, जैसे-तैसे कमा खाना, 2 (in *sing*) असंबंधित शब्दों या भावों में अपनी सूझ-बूझ से संबंध दर्शा कर एकाएक हंसा देने या चकित करने का गुण, मति-विलास [pages sparkling with ~], प्रत्युत्पन्नमतित्व, वाग्वैदग्ध्य, हाज़िरजवाबी [He possesses both ~ and humour]; **to have a ready ~** हाज़िरजवाब होना

wit^3 *n* प्रत्युत्पन्नमति व्यक्ति, हाज़िरजवाब आदमी

witch^1 विच *n* & *vt* 1 जादू-टोना करने वाली स्त्री, जादूगरनी, डाइन, चुड़ैल; 2 अपने सौन्दर्य से मोहित करने वाली स्त्री, मोहिनी, परम सुन्दरी, 3 बदसूरत बुढ़िया, चुड़ैल, डाइन, 4 *comb*: **witchcraft** जादू, जादू-टोना; (for evil purpose) अभिचार; ~**-doctor** (कई आदिम जातियों में) जादू-टोने से इलाज करने वाला, टोनहा; जादू से भूत-प्रेत झाड़ने वाला, ओझा; ~**-hunt** *n* (*fig*) अवांछित या संदिग्ध व्यक्तियों की खोज

witch^2 *vt* 1 जादू करना, 2 मोह लेना, मन्त्रमुग्ध करना

with विद *prep* 1 (*indicating accompaniment*) के साथ, के संग [to be *or* go ~ s.o.; Are you alone or is there anyone ~ you?]; 2 (*indicating opposition or antagonism*) के विरुद्ध, के ख़िलाफ़, के मुक़ाबले पर, के साथ [to fight, quarrel, compete, argue, ~ s.o.]; 3 (*indicating agreement or harmonious relations*) I am ~ you on that point इस बात में मैं आप से सहमत हूं; He that is not ~ me is against me जो मेरे साथ (या मेरा मित्र) नहीं है मेरे विरुद्ध (या मेरा शत्रु) है; 4 से युक्त, के साथ [a vase ~ handles]; **with child** *or* **young** गर्भवती (also see child); **to be one ~ sth** का अंग या भाग होगा; 5 के पास [Leave the child ~ the nurse; don't leave the key ~ the servant]; के घर पर; के यहां [He stays ~ his uncle]; के यहां नियुक्त या नौकर [He is with the L.I.C.]; 6 के द्वारा, से [Cut it ~ a knife]; के सहारे [walks ~ a stick]; 7 उसी समय, के समकाल, के साथ [to rise ~ the sun]; With these words he dismissed me इतना कह कर उसने मुझे चलता किया; ~ **that** के साथ, अब [With that we come to the end of the programme]; 8 के कारण, से [He is down ~ fever]; के मारे [He is trembling ~ fear]; 9 के बावजूद [With all his faults, I love him]; को छोड़ कर [with a few exceptions], 10 Away ~ him! उसे जाने दो, Away ~ care! चिन्ता छोड़ो

withdraw विद्-ड्रॉ *vt* & *i* (-drew, -drawn) 1 एक ओर करना या खींचना [to ~ the curtain], पीछे करना, हटाना [to ~ one's hand]; 2 पीछे ले जाना, हटाना [to ~ the troops], 3 निकालना, निकाल लेना [to ~ money from the bank; to ~ a child from school], 4 वापस लेना [to ~ an offer, order; to ~ a promise, statement]; *Parl*: **Withdraw!** अपने शब्द वापस लो ! 5 *vi* हट जाना, चला जाना, 6 अलग हो जाना, हट जाना, नाम वापस लेना [to ~ **from** a contest, an election]; 7 (in *pp*) **withdrawn** *a* (of person) ग़ैर-मिलनसार; अन्यमनस्क; तटस्थ

withdrawal विद्-ड्रॉ-अल, विद्-ड्रॉल *n* (see prec) पीछे हटना [~ of the troops], निकालना, निकास, निकासी [~ of money]; वापस लिया जाना [~ of an order etc]

withe विद, वाइद, **withy** विदि *n* (मुट्ठा बांधने के लिए विलो की) मज़बूत लचीली टहनी

wither विदर *vt & i* 1 (of plant etc) कुम्हलाना या कुम्हला देना, मुरझाना या मुरझा देना, सूखना या सुखाना [to ~ **up, away**]; (of person) घुलना या घुलाना, क्षीण या दुर्बल हो जाना या करना, (of beauty) म्लान होना या करना, 2 to ~ s.o. with a look किसी को घृणा-भरी दृष्टि से (देख कर) हतोत्साह करना, 3 गोलाबारी से (शत्रु के प्रतिष्ठानों को) नाकारा कर देना

withering व्रिदरिङ्ग *a* कुम्हला या मुरझा या सुखा देने वाला [~ wind]; तिरस्कारपूर्ण, ~ **look** हतोत्साह करने वाली दृष्टि; विनाशकारी, ~ **fire** नष्ट-भ्रष्ट या नकारा कर देने वाली गोलाबारी

withers व्रिदर्ज़ *n* (घोड़े के) कन्धों के बीच की उभरी हुई जगह, स्कन्धप्रदेश, डिल्ला

withershins व्रिदर्शिन्ज़ *adv* (esp Sc.) वामावर्त

withhold व्रिद्-होल्ड *vt* 1 न करना, न देना, करने या देने से इन्कार करना [to ~ one's consent, support], 2 अदा न करना, रोक रखना या लेना [to ~ payment, property], 3 न बताना, छिपाना [to ~ the truth **from** s.o.]; 4 मना करना, रोकना [to ~ s.o. **from** doing sth]

within व्रिदिन *adv & prep*. I *adv* (*arch* or *liter*) 1 अन्दर से, भीतर से; as seen from ~ जैसा अन्दर से दिखाई देता है; ~ **and without** अन्दर से और बाहर से, 2 अन्दर, भीतर [Look ~], 3 घर में [Let's go ~]; 4 मन में [Make me pure ~]; II *prep* 1 के अन्दर, के भीतर; **Keep** ~ doors घर के अन्दर रहो; ~ four walls चारदीवारी के अन्दर; 2 (i) की सीमा में, में [It is ~ your powers]; to act ~ one's rights अधिकार की सीमा में रहते हुए कार्यवाही करना, यथाधिकार कार्यवाही करना; ~ **the law** कानून की सीमा के अन्दर, वैध; ~ **the meaning of the Act** etc अधिनियम के आशय के अनुसार; (ii) से कम में, की सीमा के अन्दर, to live ~ one's income आय से अधिक ख़र्च न करना; 3 से कम [~ 3 miles], के भीतर या अन्दर [~ an hour, a week, etc], ~ **reach** पहुंच के अन्दर; ~ **call** आवाज़ की पहुंच के अन्दर, ~ **sight** दृष्टिगोचर

without व्रिदाउट *adv & prep*. 1 *adv* (*arch* or *liter*) बाहर से [as seen from ~]; बाह्यरूप में [a prince ~, but a beggar within]; 2 बाहर, घर के बाहर; *prep* 1 के बिना [One cannot live ~ friends, money, food, etc; he passed by ~ seeing me, ~ being seen; I never travel ~ ticket]; 2 से रहित, से वंचित, 3 **without end** (i) अनन्त; असंख्य; (ii) शाश्वत, नित्य; ~ **fail** (see fail^1)

withstand व्रिद्-स्टैण्ड *vt & i* (-stood) 1 (सफलतापूर्वक) मुकाबला करना, सामना करना [to ~ an attack, the invaders, etc], 2 दबाना, रोकना, पर विजय पाना, to ~ temptation लोभ संवरण करना, 3 सहना, बरदाश्त करना [to ~ the pain etc]; 4 *vi* विरोध करना

witless विट्लिस *a* 1 मूर्ख, पागल, 2 बे-समझ, बुद्धिहीन

witless व्रिट्लिङ्ग *n* (f. wit^2) प्रत्युत्पन्नमतित्व या हाज़िरजवाबी का ढोंग करने वाला

witness^1 व्रिट्निस *vt & i* 1 (स्वयं उपस्थित हो कर) देखना, अपनी आंखों से देखना, दर्शक या द्रष्टा या प्रत्यक्षदर्शी होना [to ~ an accident, a scene], 2 (स्वयं हस्ताक्षर कर के) पुष्टि या तसदीक करना, साक्षी या गवाह होना [to ~ a document, signature], 3 का प्रमाण होना, प्रमाणित करना, सूचक होना, सूचित करना [His pale face ~ed his agitation]; 4 *vi* गवाही या साक्ष्य देना [to ~ **against, for, s.o.**]

witness^2 *n* 1 प्रत्यक्षदर्शी, दर्शक, द्रष्टा, 2 गवाह, साक्षी, पुष्टि या तसदीक करने वाला [~ to a document]; 3 गवाही, साक्ष्य; प्रमाण, सबूत, सूचक; **to bear ~ to** sth (i) किसी बात की गवाही देना, किसी बात का गवाह या साक्षी होना, पुष्टि करना; (ii) किसी बात का प्रमाण या सूचक होना; **in ~ whereof** जिसके प्रमाण में; 4 पुष्टि, तसदीक, **to call s.o. to ~** किसी से पुष्टि या तसदीक करने की प्रार्थना करना; ~**-box**, ~**-stand** गवाहों का कठघरा

witticism व्रिटिसिज़म *n* (usu *derog*) 1 विनोदपूर्ण वाक्य, चुटकुला, 2 मज़ाक, उपहास

wittiness व्रिटिनिस *n* प्रत्युत्पन्नमतित्व, हाज़िरजवाबी

witting व्रिटिङ्ग *a* (f. wit^1) 1 जो जानता हो, जानने वाला, अभिज्ञ, 2 जान-बूझ कर किया हुआ [~ insult]; ~**ly** *adv* जानते हुए, जान-बूझ कर

witty व्रिटि *a* 1 जिसमें मतिविलास या बुद्धिवलास हो (see wit^2, 2), प्रत्युत्पन्नमति, हाज़िरजवाब, 2 विनोदपूर्ण या मज़ेदार बातें करने वाला, हंसाने वाला, 3 विनोदपूर्ण, मनोरंजक, मज़ेदार [a ~ remark]

wivern वाइवर्न *n* = wyvern

wizard व्रिज़र्ड *n* 1 जादू के खेल करने वाला, जादूगर, ऐन्द्रजालिक, 2 जादू-टोना करने वाला, ओझा, 3 असंभव लगने वाली बात संभव कर दिखाने वाला, कमाल कर दिखाने वाला, अतिनिपुण व्यक्ति, उस्ताद [He is a ~ at cricket, chemistry, etc]; 4 मदारी; 5 ~**ry** *n* जादू, जादूगरी

wizened व्रिज़न्ड, **wizen** व्रिज़न, **weazen** वीज़न *a* (of person or his face) मुरझाया हुआ,

झुर्रीदार

woad वोड *n* & *vt* पौधा जिससे नीला रंग निकाला जाता था, नीला रंग; नील-पौधा; *vt* नीला रंगना

wobble, wabble वॉबल *vi* & *n* 1 (of top or revolving body) कभी दायें कभी बायें झुकना, दायें-बायें झुकते हुए जाना, डाँवाँडोल होना, 2 (of person) लड़खड़ाना, डगमगाना, गिरते-पड़ते जाना, *fig* अस्थिरचित्त होना, एक बात पर न टिकना, डाँवाँडोल होना; हिचकिचाना, 3 (of voice) काँपना, लड़खड़ाना; *n* 1 लड़खड़ाहट, डगमगाहट, 2 मार्गपरिवर्तन, दिशापरिवर्तन, विचलन; 3 *fig* ढुलमुलपन, हिचकिचाहट; **~r** *n* 1 अस्थिरचित्त व्यक्ति; 2 हिलती-डोलती वस्तु

wobbly वॉब्लि *a* 1 हिलता-डोलता, झूलता हुआ [~ chair], 2 लड़खड़ाता हुआ [My legs are ~], 3 ~ voice कांपती हुई आवाज़, लड़खड़ाती हुई ज़बान

woe वो *n* (*arch*, *liter* or *joc*) 1 दुःख, कष्ट, तकलीफ़ [He suffered a fall, among his other woes]; व्यथा, विपत्ति, मुसीबत [to tell one's tale of ~], 2 weal and ~ (see weal^{1}); 3 **woe is me!** हाय! अफ़सोस! उफ़!; 4 **woe be (un)to**—को धिक्कार है! पर लानत है!

woebegone वो-बिगॉन *a* 1 (of person) उदास, शोकमग्न, दुःखी, मुसीबत का मारा, 2 (चेहरा आदि) जिस पर उदासी छाई हुई हो, मुरझाया हुआ [~ looks, appearance]

woeful वोफ़ल *a* 1 (of person) = *prec* 1; 2 शोचनीय, दयनीय [~ condition]; दुःखद, मुसीबत का, ख़राब [~ period], 3 (of news) दुःखद, अशुभ, ख़राब; 4 घटिया, तुच्छ, बहुत मामूली

wold वोल्ड *n* बंजर इलाका

wolf^{1} वुल्फ़ *n* (*pl* **wolves**) 1 भेड़िया; **to cry ~** (ख़तरे का) झूठा शोर मचाना; **to cry ~ too often** झूठे ख़तरे का इतनी बार शोर मचाना कि असली ख़तरा उपस्थित होने पर कोई एतबार ही न करे; **to have** *or* **hold a ~ by the ears** ख़तरनाक स्थिति में होना; **to keep the ~ from the door** भूखा रहने या फ़ाके से बचना; पेट भरना, भुखमरी से बचना, अभाव या दरिद्रता से बचना, जैसे-तैसे निर्वाह करना; **a ~ in sheep's clothing** मित्र के भेस में शत्रु, आस्तीन का सांप; बगुला भगत, पाखंडी, दंभी, **to throw to the wolves** बिना झिझक के त्याग देना या बलि चढ़ाना; 2 बहुत लोभी या लालची आदमी, लूट या मूंड लेने वाला; *sl* संभोगार्थ स्त्रियों के पीछे पड़ने वाला; बदमाश; 3 *mus* कर्णकटु या कर्कश ध्वनि; 4 *comb*: **~-cub** भेड़िये का बच्चा; **~-dog** भेड़ों की रखवाली करने वाला कुत्ता, **~-pack** (i) भेड़ियों का झुंड, (ii) आक्रामक विमानों या पनडुब्बियों का दल; **~-whistle** स्त्री को छेड़ने के लिए सीटी

wolf^{2} *vt*. to ~ (down) one's food बड़े-बड़े ग्रासों से खाना, भकोसना

wolfish वुल्फ़िश *a* 1 भेड़िये-जैसा, हिंस्र; 2 अति लोभी, लूट या मूंड लेने वाला, 3 निर्दय, 4 पेटू, खाऊ

wolfram वुल्फ़्रम *n* 1 = tungsten; 2 लोहे, टंग्स्टन आदि का मिश्र खनिज (जिससे टंग्स्टन प्राप्त होता है), वुलफ़्रैम

woman^{1} वुमन *n* (*pl* **women** विमिन) 1 स्त्री, नारी, औरत; महिला; **~ of the streets** वेश्या, **the other ~** (विवाहित पुरुष को पत्नी से विमुख कर देने वाली) दूसरी स्त्री; **to play the ~** (औरतों की तरह) डर जाना या रोना, 2 नारी जाति; **Women's Lib(eration)** नारी-स्वातन्त्र्य आन्दोलन (जिसका उद्देश्य नारी को घर के काम-काज तथा पुरुष की अधीनता से मुक्त कराना है), 3 स्त्रैण पुरुष, जनाना आदमी, जनख़ा; 4 नारीसुलभ भावनाएं, नारी-स्वभाव, नारीत्व [All the ~ in her rebelled against the insulting treatment], 5 नौकरानी, परिचारिका, 6 *attrib* स्त्री, नारी, महिला [~ driver, doctor, etc], 7 *comb*: **~-hater** = misogynist; **~kind, womenkind, womenfolk** नारी-जाति; one's womenfolk अपने परिवार की स्त्रियां; **~ suffrage** नारी-मताधिकार

woman^{2} *vt* (काम या पद पर) औरत या औरतें लगाना, (दफ़्तर आदि में) औरतें रखना (cf. man *vt*)

womanhood वुमन्हुड *n* 1 (स्त्री का) यौवन, वयस्कता; She has now grown to ~ वह अब जवान (औरत) हो गई है, 2 नारी-जाति, 3 नारी-स्वभाव

womanish वुमनिश *a* (*derog*, of man) स्त्रियों-जैसा, जनाना, स्त्रैण

womanize वुमनाइज़ *vt* & *i* 1 स्त्रियों-जैसा या स्त्रैण बना देना, 2 *vi* स्त्रियों के पीछे पड़ा रहना, छोकरीबाज़ी करना

womanly वुमन्लि *a* 1 स्त्री या स्त्रियों का, स्त्रियोचित, नारीसुलभ [~ modesty]; 2 नारी-सदृश

womb वूम *n* 1 गर्भाशय, बच्चादानी, कोख, **fruit of ~** सन्तान; 2 *fig* जहां किसी चीज़ का आरंभ और विकास हो; Future events are in the ~ of time भावी घटनाएं काल के गर्भ में हैं

wonder^{1} वन्डर *n* 1 आश्चर्य, विस्मय, अचंभा, हैरानी, ताज्जुब; to fill s.o. with ~ किसी को आश्चर्यचकित कर देना; **small ~, no ~, it is no wonder, (that)** इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि, 2 आश्चर्यजनक घटना या चीज़, अद्भुत वस्तु, आश्चर्य की बात, कौतुक, अजूबा, **the seven ~s**

of the world प्राचीन काल की सात अद्भुत इमारतें, सात कौतुक (These include: the Egyptian Pyramids, the Hanging Gardens of Babylon, the Colossus of Rhodes, etc); 3 विलक्षण प्रतिभासंपन्न व्यक्ति, अचंभा, अजूबा [This child is a ∼], 4 आश्चर्यजनक काम, चमत्कार, कमाल, **to do** *or* **work wonders** चमत्कार या कमाल करना, अद्भुत सफलता प्राप्त करना, 5 *comb*: **wonderland** कौतुकपूर्ण देश या प्रदेश; जादूनगरी; **∼-stricken, ∼-struck** आश्चर्यचकित, आश्चर्य से अवाक्, हक्का-बक्का, **∼-worker** चमत्कार करने वाला, चमत्कारक

wonder^2 *vi* & *t* **1** आश्चर्य करना, हैरान होना, आश्चर्यचकित या विस्मित होना [to ∼ at, to ∼ to see, sth], **2** *vt* I ∼ that you also went away आश्चर्य की बात है कि तुम भी चले गये; **3** (पता न होने पर) जानना चाहना, जानने को उत्सुक होना, I ∼ what happened पता नहीं क्या हुआ [I ∼ whether he will come; I ∼ what the time is]; **4** I ∼, (as excl.) मुझे सन्देह है [Their son will help them—I wonder!]; **∼ment** *n* **1** आश्चर्य, हैरानी; **2** अद्भुत वस्तु, अजूबा

wonderful वन्डर्फ़ल *a* आश्चर्यजनक, अद्भुत, बहुत अच्छा, बहुत बढ़िया, शानदार

wondrous वन्डरस *a* & *adv* (*poet*, *rhet*); *adj* (=wonderful) अद्भुत [∼ skill]; *adv* (*qualifying adjs only*) अत्यन्त [∼ kind, noble, etc]

wonky वॉङ्कि *a* (*sl*) **1** अस्थिरचित्त, डाँवाँडोल (अतः अविश्वसनीय), **2** =wobbly

wont^1 वोन्ट *pred a* (*arch*) अभ्यस्त, आदी [He was ∼ to rise at dawn]

wont^2 *aux v* (*pt* wont *or* wonted) (*arch*) to ∼ to do sth करने का आदी होना

wont^3 *n* (*arch*) **1** आदत, अभ्यास [according to his ∼]; **2** **use and wont** रीति, रिवाज, प्रथा

won't वोन्ट *v. aux* (*colloq*)=will not (see will^1)

wonted वोन्टिड *attrib a* जिस (बात) की आदत हो, अभ्यस्त, नित्य (प्रति) का, सदा-जैसा [heard me with his ∼ courtesy]

woo वू *vt* (*liter*) **1** (विवाह के विचार से) प्रेम व्यक्त करना, विवाह-प्रस्ताव करना [to ∼ a woman], **2** प्राप्त करने का प्रयत्न करना [to ∼ fame etc], **3** से अनुरोध या आग्रह करना, के पीछे पड़ना [to ∼ s.o. to do sth]; **wooer** *n* (see further]

wood वुड *n* **1** लकड़ी, काष्ठ, काठ; **to touch ∼**; (U.S.) **to knock (on) ∼** (अमंगल टालने के लिए) काठ को छूना, **2** (जलाने की) लकड़ी, ईंधन, **3** (शराब रखने के लिए) लकड़ी का पीपा [wine in the ∼]; **4** लकड़ी का बना बाजा, काष्ठवाद्य, **5** लकड़ी की गेंद = bowl^2; **6** (usu in *pl*) जंगल, वन, **You cannot see the ∼ for the trees** पेड़ इतने घने हैं कि वन (का दृश्य) नहीं दिखाई देना, *fig* ब्योरा इतना अधिक है कि असली बात का पता नहीं लगता, **out of the ∼** संकट या कठिनाई या परेशानी से मुक्त; **Don't halloo till you are out of the ∼** (see halloo^2); **7** *comb*: **∼-block** काठ का ठप्पा, लकड़ी का ब्लाक; **woodcraft** (i) (शिकार आदि के लिए) जंगल (के रास्तों आदि) की जानकारी, (ii) लकड़ी (की चीजें बनाने) का काम, काष्ठशिल्प, **∼cut** काठ के ठप्पे पर बनी आकृति, काष्ठचित्र; ठप्पे से उतारा या छापा गया चित्र; **woodcutter** (i) लकड़हारा, (ii) काठ के ठप्पे बनाने वाला (also **∼-engraver**); **∼-fibre** काष्ठतन्तु; **woodland** बनस्थली; जंगल **woodman** (i)=forester, (ii) लकड़हारा; **∼-nymph** वनदेवी, **∼-pecker** कठफोड़वा, **∼-pulp** लकड़ी की लुगदी, काष्ठ-लुगदी; **woodsman** (i) वनवासी; (ii) जंगल के रास्तों आदि का जानकार; **∼work** (i) लकड़ी की बनी चीज़ें, लकड़ी का काम, काष्ठशिल्प, (ii) काठ पर की गई नक्काशी

wooded वुडिड *a* जहां बहुत पेड़ हों, वृक्षबहुल, वृक्षों से ढका या घिरा हुआ, वृक्षावृत्त

wooden वुडन *a* **1** लकड़ी का (बना हुआ), काष्ठमय [∼ gate, chair], **2** (काष्ठ की भांति) जड़, जड़वत्; निर्जीव, निष्प्राण; **3** भावशून्य [∼ smile, stare, face], **4** बेढंगा, भद्दा [∼ gait]; **∼head** *n*, **∼headed** *a* मूर्ख, जड़, जड़मति

woody वुडि *a* **1** (of region) जंगल या जंगलों से घिरा हुआ, वनमय, **2** लकड़ी या काष्ठ जैसा, काठ का, काष्ठमय [the ∼ parts of a plant]; **3** (of plant)=ligneous, काष्ठमय

wooer वूअर *n* (f. woo) प्रेमी, प्रणयी; प्रणययाचक, विवाहाभिलाषी

woof^1 वूफ़ *n*=weft

woof^2 वुफ़ *n* & *vt* कुत्ते के भौंकने की कर्कश ध्वनि, भौं-भौं; *vi* भौंकना, भूकना

wool वुल *n* **1** ऊन, **Much cry and little wool** भारी परिश्रम और तुच्छ परिणाम; खोदा पहाड़ और निकली चुहिया; टाँय-टाँय फिस; **to go for ∼ and come home shorn** मूंडने जाना और मुंडवा कर लौटना, पासा पलट या उलट जाना, **to pull the ∼ over s.o.'s eyes** किसी की आँखों में धूल झोंकना, धोखा देना, झाँसा देना, चकमा देना, **2** ऊन (का धागा); ऊनी कपड़ा, ऊनी कपड़े, **3** हब्शी के (छोटे-छोटे घुंघराले) बाल, **4** रोआँ, **5 dyed in the ∼** (ऊन या रूई को) बुनने या कातने से पहले रंगा हुआ, पक्के रंग का; *fig* पक्का [a sinner who was dyed in the ∼]

(also see dye^2); 6 *comb*: **~-carding, ~-combing** (कातने के लिए) ऊन को साफ़ करना या धुनना, ऊन की धुनाई; **~-dyed** = dyed in the ~ (see 5 above); **~-fell** (भेड़ आदि की) खाल जिस पर ऊन अभी लगी हुई हो, ऊनयुक्त खाल; **wool-gathering** *n* & *a* अन्यमनस्कता, ध्यान कहीं और होना; His wits have gone ~-gathering उसका ध्यान कहीं और है, वह स्वप्नलोक या कल्पना-जगत् में विचर रहा है; *a* अन्यमनस्क; **~-skin** = ~-fell, ऊनयुक्त खाल; **~-work** ऊन की (कढ़ाई वाली) फुलकारी या पर्दा

woollen वुलन *a* & *n* ऊनी, ऊन-मिश्रित; ऊनी कपड़ा, ऊनी कंबल आदि; (in *pl*) ~s ऊनी कपड़े

woolly वुलि *a* & *n* 1 ऊनदार, 2 *bot* रोयेंदार, 3 ऊन-सदृश [~ hair, clouds], 4 (of sound) अस्पष्ट, 5 (of mind) चकराया हुआ, उलझा हुआ, (of thought) उलझा हुआ, अस्पष्ट, धुंधला; *n* ऊनी कपड़ा, स्वेटर आदि [Put on your woollies when you go out]

wop^1 वॉप = whop *vt*

Wop^2 वॉप *n* (*sl*, *derog*) (वि० अमरीका में बसा) इटली या दक्षिण यूरोप का आदमी

word^1 वर्ड *n* 1 (लिखित या उच्चारित) शब्द, लफ़्ज़; **at a ~** तनिक कहने पर, कहते ही, तुरन्त; **in a word, in one word** संक्षेप में, सारांश यह है कि . . ., **in other ~s** दूसरे शब्दों में, **to put into ~s** शब्दों में व्यक्त करना; **I told him in so many ~s** मैंने उसे साफ़ शब्दों में या साफ़-साफ़ बता दिया; not in so many ~s साफ़ शब्दों में नहीं; **I have no ~s for** (अपना भाव व्यक्त करने के लिए) मेरे पास शब्द नहीं हैं; **Words fail me** मुझे (ठीक) शब्द नहीं सूझ रहे; मैं हैरान हूं कि मैं क्या कहूं, 2 **the W~** (of God) (वेद, बाइबिल, कुरान आदि) धर्मग्रन्थ, 3 (उच्चारित) शब्द, वाणी, कथन, उक्ति, वचन, कथनी, **by ~ of mouth** जबानी, **in thought, word and deed** मनसा वाचा कर्मणा; a man **of few words** अल्पभाषी, कमगो, **of many words** बातूनी; **to have a ~ with s.o.** किसी से दो-चार बातें करना; **to have ~s with s.o.** किसी से झगड़ा या तकरार होना; **to eat one's ~s** विवश होकर मान लेना कि मैंने ग़लत कहा था, (जलील हो कर) अपने शब्द वापस लेना; **to put in a (good) ~ for** किसी की सिफ़ारिश करना, **to suit the action to the ~** (धमकी के तौर पर) जो कहना वह तुरन्त कर डालना, 4 सन्देश, समाचार, ख़बर, **to send ~** सन्देश भेजना, **to leave ~ that . . .** (किसी की अनुपस्थिति में उस के लिए) सन्देश दे आना; Word came that समाचार मिला कि; 5 आश्वासन (का शब्द), वचन, वादा, प्रतिज्ञा; **~ of honour** सत्यपथ वचन या वादा; **to give s.o. one's ~** किसी को वचन देना, **to pledge one's ~** प्रतिज्ञा करना, **to keep, break, one's ~** वादा पूरा (न) करना; **I give you my ~ for it** मैं आप से सच कहता हूं (कि यही बात है); मैं आपको वचन देता हूं (कि ऐसा ही होगा); **to take s.o.'s ~ for it** किसी की बात को सच मानना [I have no proof, but you may take my ~ for it]; **to take s.o. at his ~** किसी के वादे को सच्चा मान कर कार्यवाही करना; **a man of his ~** वादा पूरा करने वाला आदमी, बात का धनी, सत्यप्रतिज्ञ; **to be as good as one's ~** प्रतिज्ञा का पालन करना, बात का धनी या पक्का होना, **to be better than one's ~** वादे से बढ़ कर (काम आदि) करना; 6 आदेश, आज्ञा, हुक्म [His ~ is law]; **to give the ~ to do sth, for sth** करने का आदेश देना; 7 **the last ~** (on a subject) किसी विषय पर आधुनिकतम जानकारी या विचार, **the last ~** (in sth) आधुनिकतम वस्तु, नवीनतम फ़ैशन की चीज़; 8 = password (see pass *n* 7); 9 *comb*: **wordbook** शब्दसंग्रह, शब्दकोश; **~ order** (वाक्य में) शब्दों का क्रम, शब्दक्रम, **~-painter** विशद वर्णन करने वाला, शब्दचित्रक, शब्दचित्रकार; **~-painting** विशद वर्णन, शब्दचित्र, **~-perfect** (of person) जिसे अपना पाठ या पार्ट कण्ठस्थ हो, (of speech etc) कण्ठस्थ; **~-picture** सजीव या विशद वर्णन, शब्दचित्र; **~-play** (i) श्लिष्ट पदों का प्रयोग, (ii) श्लेष पर आधारित परिहास या प्रत्युत्तर या हाजिर-जवाबी

word^2 *vt* शब्दों में व्यक्त करना, व्यक्त करने के लिए शब्द चुनना, शब्दचयन करना; **well-worded** *a* अच्छे या उपयुक्त शब्दों में व्यक्त

wordage वर्डिज *n* शब्दसंख्या

wording वर्डिङ्ग *n* 1 (भाव व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त) शब्द, शब्दावली, भाषा, शब्दचयन, 2 व्यक्त करने या कहने का ढंग, शैली, 3 शब्दबद्ध करना, लिखना, मसौदा तैयार करना [the ~ of a document]

wordy वर्डि *a* 1 जरूरत से अधिक शब्दों का प्रयोग करने वाला, वाचाल, 2 जिसमें शब्दों की भरमार हो, शब्दबहुल, 3 शब्दों का, शाब्द, शाब्दिक, **~ warfare** शब्दयुद्ध, वाग्युद्ध

work^1 वर्क *n* 1 काम, कार्य, कर्म, क्रिया; **at work** काम में लगा हुआ [He is at ~]; (of machine) काम कर रहा, चल रहा [the machines are at ~]; **to set to ~** काम शुरू करना, चलना, चलाना; **work-to-rule** नियम या साधारण कर्तव्य से अधिक काम न करना, नियमपरिमित या नियमबद्ध काम करना (also see work^2, *vi* 2), 2 सौंपा गया काम, कार्य, कर्तव्य, कृत्य: **to have one's ~ cut out (for one)** कठिन या दुष्कर या

बहुत काम करने को होना; **It's all in the (*or* a) day's ~** यह मेरे नित्य प्रति के काम का भाग है, ऐसा प्रतिदिन होता है; 3 काम, काम-धंधा, रोजगार, नौकरी [He is out of ~; is looking for ~, wants ~]; 4 मेहनत, परिश्रम, काम; 5 असर, प्रभाव, काम [The brandy has done its ~], 6 (काव्य, संगीत, ग्रन्थ आदि कोई) रचना, कृति, ग्रन्थ, काव्यग्रन्थ [literary ~s; ~s of Shakespeare]; **~ of art** कलाकृति, 7 in *pl* (इमारतें, पुल आदि) निर्माणकार्य, **Public Works** लोकनिर्माणकार्य; 8 in *pl* (*mil*) मोर्चा, मोर्चाबन्दी, किलेबन्दी [The ~s are impregnable]; 9 in *pl* (*construed as sing* or *pl*) कारख़ाना, निर्माणी [steelworks, ironworks; The works is, are, closed today], 10 in *pl* (यन्त्र के) कलपुर्जे [the ~s of a clock], 11 शिल्प, कारीगरी, काम [wood~, needle~], 12 *comb*: **workaday** (i) काम (न कि छुट्टी) के दिन के लायक, आम दिनों का, साधारण; (ii) व्यवहारकुशल, व्यावहारिक [this workaday world]; (U.S.) नीरस, फीका; **workday** काम का दिन; **~-force** (काम में लगे या काम के लिए उपलब्ध) श्रमिकों या कर्मियों की संख्या, कर्मीसंख्या, श्रमिकसंख्या, श्रमशक्ति; **~-horse** काम में जुता रहने वाला व्यक्ति, अनथक कार्यकर्ता; **~-load** काम (की मात्रा); कार्यभार; **workman** श्रमिक, मजदूर; कारीगर, **A bad workman quarrels with his tools** नाच न जाने आंगन टेढ़ा; **~manlike** कारीगर-जैसा, कार्यकुशल; **~manship** कारीगरी, कौशल; **~people** श्रमिक, मजदूर; **~shop** (i) कारख़ाना, कर्मशाला, वर्कशाप, (ii) (विचारों के आदान-प्रदान के लिए) गोष्ठी, विचारगोष्ठी, सम्मेलन, शिविर; वर्कशाप; **~-shy** कामचोर; **~ study** (कारखाने आदि में) कार्य को कुशलता तथा किफ़ायत से करने के तरीकों का अध्ययन; कार्योपाय-अध्ययन, **~woman** मजदूरिन, श्रमिका

work² *vi & t* (~ed *or in some senses* wrought रॉट) I (*vi*) 1 काम करना, परिश्रम करना, मेहनत करना; **to ~ hard** बहुत परिश्रम करना, खूब मेहनत करना; to **~ at, on,** sth करने या बनाने में व्यस्त होना [I am ~ing at widening the hole; he is ~ing on a plan]; to **~ away (at** sth) निरन्तर या अनवरत काम में लगा रहना, **2 to work to rule** (प्राय: विरोध के तौर पर काम कम करने के लिए) नियम का शब्दश: पालन करना, नियम से अधिक काम न करना, 3 काम-धंधा करना, काम पर लगा होना, नौकरी पर होना; 4 (of machine) चलना, काम करना, काम देना; चालू होना, 5 कारगर होना, सफल होना, काम करना [This plan will not ~]; 6 (of medicine etc) असर करना, प्रभाव दिखाना, काम करना [The drug will ~] (cf work¹, 5); to **~ upon** (व्यक्ति या उसके मन पर) प्रभाव डालना, प्रभावित करना [The appeal wrought powerfully upon him]; 7 (घबराहट के कारण) हिलना-डुलना, फड़कना, फुरकना [His face, features, ~ed violently], 8 (*naut*) (हवा प्रतिकूल होने पर) ज़ोर लगा कर आगे बढ़ना [The ship is ~ing southwards]; 9 (ख़मीर का) उठना [The yeast began to ~]; II (*vt*) 1 से काम लेना, से काम करवाना [He ~s his men hard]; to **~ oneself** to death तन्मयता से काम करते-करते प्राण दे देना, 2 (यन्त्र आदि) चलाना [to ~ the lift], 3 काम या मेहनत से पा लेना, पाने में सफल हो जाना; **to ~ one's passage** काम (न कि धन) के रूप में जहाज का किराया अदा करना, 4 धीरे-धीरे भावना-विशेष पैदा करना, भड़काना, उत्तेजित करना, जोश दिलाना [to ~ a crowd **into** frenzy; to ~ oneself **into** a rage], 5 (ख़मीर) उठाना, 6 कार्यान्वित करना [to ~ a scheme], 7 (परिणाम-विशेष) दिखलाना, सामने लाना, लाना, करना [to ~ a change; much destruction was wrought by the fire]; to ~ mischief फूट डालना, वैमनस्य पैदा करना, 8 to ~ a sum, problem, etc प्रश्न हल करना, उत्तर निकालना; 9 (धातु को) कूटना-पीटना, कूट-पीट कर विशेष आकार देना, गढ़ना; III (with *prepp*) 1 to ~ **at** (see *vi* 1); to **~ in** *or* **into** के लिए धीरे-धीरे जगह ढूंढ या बना लेना, घुसेड़ना [I'll ~ this allusion into my lecture], (*vi*) अपने लिए जगह बनाना, घुसना; 2 to **~ on** (i) काम में लगा रहना, (ii) के आधार पर काम करना [We have no data to ~ on], (also see *vi* 1 & 6); 3 to **~ out** यत्न करके पाने में सफल हो जाना [to ~ out one's salvation]; to ~ out a sum प्रश्न हल करना; हिसाब करके कुल जोड़ निकालना, हिसाब लगाना [Please ~ out my share of the expenses]; *vi* कुल जोड़ होना [The total ~s out at ten rupees]; *vi* परिणाम निकलना [The plan did not ~ out well]; कार्यान्वित हो सकना [I hope this will ~ out]; (*vt*) **to ~ out a plan** योजना का ब्योरा तैयार करना, पूरी योजना तैयार करना, 4 to **~ up** धीरे-धीरे उत्तेजित करना, देना [He was ~ed up], to **~ upon** (see *vi*, 6)

workable वर्कं-बल *a* 1 जिसे काम में लाया जा सके, जिस पर अमल किया जा सके; व्यवहार्य, व्यावहारिक [a ~ arrangement, project, etc], 2 करने योग्य, करने लायक; 3 (of material) सुघट्य

worker वर्कर *n* 1 मजदूर, श्रमिक, श्रमजीवी, कर्मी, कामगार, 2 कार्यकर्ता

working¹ वर्किङ् *n* 1 काम, क्रिया, व्यापार

2 काम करने का ढंग, कार्यविधि, कार्यप्रणाली, 3 *comb*: ~ **capital** व्यवसाय चलाने के लिए आवश्यक या व्यवसाय में लगी पूंजी (also see capital^2); ~ **hours** काम (करने) के घंटे, काम का समय [~ hours: 8 a.m. to 4 p.m.]; ~ **knowledge** (कोई काम करने के लिए उसका) पर्याप्त ज्ञान, आवश्यक ज्ञान, व्यावहारिक ज्ञान, कामचलाऊ ज्ञान; ~ **lunch, dinner,** etc भोज जिसके साथ-साथ काम, नीति आदि पर भी विचार किया जाए; कार्यपरक भोज [The Prime Minister had a ~ lunch with some of his (or her) Cabinet colleagues]; ~ **order** (यन्त्र की) सन्तोषजनक ढंग से काम करने की हालत; in ~ order ठीक काम करता हुआ, चलता; चालू

working^2 *a* **1** काम करने वाला, श्रमिक, श्रमजीवी [~ journalist, man, woman; the ~ classes]; **2** *comb*: ~ **agreement** (अन्तिम समझौता होने तक काम चलाने के लिए) अस्थायी समझौता, कामचलाऊ समझौता; ~ **committee** कार्यकारिणी समिति, कार्यसमिति; ~ **majority** (सत्तारूढ़ रहने के लिए) समर्थकों की पर्याप्त संख्या, पर्याप्त बहुमत; ~ **model** (यन्त्र का) काम करने का ढंग दिखाने वाला नमूना, कार्यकारी नमूना; ~ **party** (i) वि० उत्पादन-क्षमता बढ़ाने के लिए सलाह देने वाली समिति; (ii) किसी मामले की छान-बीन करने के लिए नियुक्त समिति, जांच-समिति

world वर्ल्ड *n* **1** पृथ्वी, भूलोक, धरती, दुनिया; **the Old W~** एशिया, अफ़्रीका, यूरोप, **the New W~** अमरीका, **the world's end** दुनिया का दूरतम कोना या सिरा (जहां तक कोई यात्री पहुंच सके); **to go round the ~** सारी दुनिया की सैर करना; **all the ~ over** सारी दुनिया में, **2** लोक, संसार, जगत्, दुनिया, जहान; this ~ इहलोक, यह संसार या दुनिया; **the other ~, the next ~, the ~ to come** दूसरी दुनिया, परलोक, मरणोत्तर जीवन, **3 to bring into the ~** जन्म देना, **to come into the ~** जन्म लेना, पैदा होना; **to get the best of both worlds** लौकिक तथा पारलौकिक लाभ प्राप्त करना, भौतिक तथा आध्यात्मिक लाभ उठाना, दोनों विरोधी पक्षों या स्थितियों से लाभान्वित होना, दोनों हाथों में लड्डू होना; ~ **without end** सदा के लिए, अनन्त काल तक [For ever and ever, ~ without end]; **4** दुनिया (के लोग); संसार, विश्व: **to know, see, the ~** दुनिया (के लोगों) को जानना या देखना; **man** *or* **woman of the ~** दुनिया को समझने वाला या अनुभवी पुरुष (या स्त्री), व्यवहारकुशल, दुनियादार; **what will the ~ say?** लोग क्या कहेंगे ? दुनिया क्या कहेगी ?; **It is the way of the ~** यह दुनिया का (व्यवहार करने का) तरीका है, **to carry the ~ before one** जल्दी और पूर्ण सफलता प्राप्त करना (also see carry^1, 3), **5** (दुनिया की) कोई भी कीमती से कीमती चीज़ [I will not do it for (all) the world]; सर्वस्व [She is all the ~ to me]. **6** व्यावसायिक वर्ग-विशेष, कार्यक्षेत्र-विशेष, जगत् [the literary, scientific, ~; the ~ of letters, science, etc]; प्राणीवर्ग, जगत् [the animal ~], **7** *colloq* अधिक मात्रा या संख्या; **a world of** बहुत, अधिक, बड़ा; [It will do him a ~ of good; to give oneself a ~ of trouble]; There is a ~ of difference आकाश-पाताल का अन्तर है; **the great ~** उच्च वर्ग के लोग, फ़ैशनेबल समाज; **all the ~ and his wife** (i) सभी फ़ैशनेबल लोग; (ii) सब तरह के लोगों का विशाल समुदाय, सारी दुनिया; **8** *comb*: ~ **community** (=**international community**) विश्व समाज, ~ **forum** विश्वमंच; ~ **language** (i) बहुत से देशों में बोली जाने वाली भाषा, अनेक देशों की भाषा, विश्वभाषा [English is a ~ language]; (ii) अन्तर्राष्ट्रीय प्रयोग के लिए कृत्रिम विश्वभाषा [Esperanto is a ~ language]; ~ **power** (i) (विश्व-राजनीति को प्रभावित करने वाला) बड़ा राष्ट्र, महान् राष्ट्र; (ii) शक्तिशाली विश्व संस्था, विश्वशक्ति; ~ **war** विश्वयुद्ध, ~**-weary** संसार (या संसारी जीवन) से विरक्त; ~**-wide** विश्वव्यापक, विश्वव्यापी

worldling व़र्ल्ड्लिङ्ग *n* दुनियादार

worldliness व़र्ल्ड्लिनिस *n* सांसारिक काम-धंधों या सुखों आदि में आसक्ति, दुनियादारी

worldly व़र्ल्ड्लि *a* **1** इहलोक का, ऐहिक, सांसारिक [~ pleasures]; **2** सांसारिक सुख से संबंधित, ~**-minded** सांसारिक सुखों का इच्छुक; ~ **wisdom** काम निकालने की चतुराई, व्यवहार-कुशलता, दुनियादारी, **3** सांसारिक कामों या सुखों में फंसा हुआ, संसारी, दुनियादार

worm^1 वर्म *n* **1** कीड़ा, कीट, कृमि; food for worms मृतक, मुर्दा; (*fig*) **the ~ of conscience** अन्तःकरण की भर्त्सना, पश्चात्ताप; **2** गिरा हुआ या पतित या ज़लील आदमी, तुच्छ या नगण्य व्यक्ति; दीन-हीन आदमी, कीड़ा; *Prov*: **(Even) a worm will turn** तंग आने पर दीन-हीन आदमी भी भिड़ जाता है या चोट करता है; **3** in *pl* पेट या आंतों के कीड़े, कृमिरोग; **4** (पेच की) चूड़ी, **5** (भभके की) सर्पिल नाली, **6** (कुत्ते की जीभ के नीचे का) स्नायु, नस, **7** *comb*: ~**-eaten** कीड़ों का खाया हुआ, जिसे घुन लगा हुआ हो, घुना हुआ, (*fig*) पुराना-धुराना; ~**-hole** घुन द्वारा किया हुआ छिद्र, घुन-छिद्र; **wormwood** (i) एक कड़वी बूटी, (ii) कटु वस्तु, (*fig*) बहुत अप्रिय बात, घोर अपमान

worm^2 *v. refl* & *i* & *t* **1** रेंगना, रेंग कर जाना [to ~ (oneself, one's way) through the bushes]; **2** (*refl*) to ~ **oneself into**

s.o.'s favour धीरे-धीरे किसी का अनुग्रह प्राप्त कर लेना या कृपापात्र बन जाना, 3 *vt* to ~ a secret out of (*or* from) s.o. (चालाकी से बार-बार पूछ कर) किसी से भेद ले लेना, 4 (कुत्ते की जीभ के नीचे की) नस काटना, 5 (कुत्ते या पौधे आदि के) कीड़े मारना

worried व़रिड *a* चिन्तित, चिन्ताग्रस्त; परेशान, घबराया हुआ; बेचैन

worriment व़रिमन्ट *n* **1** चिन्ता, फ़िक्र, **2** कष्ट, परेशानी, झुंझलाहट

worrisome व़रि-सम *a* चिन्ताजनक; तंग करने वाला, परेशान करने वाला [a ~ problem]

worry^{1} व़रि *n* **1** (usu in *pl*) चिन्ता, सोच, फ़िक्र [He has no money worries], परेशानी, हैरानी, **2** चिन्ता का कारण [He is a ~ to me], **3** (कुत्ते का शिकार को) झंझोड़ना (see worry^{2}, 3)

worry^{2} *vt* & *i* **1** चिन्तित करना, परेशान करना, तंग करना, बहुत पीछे पड़ना, नाक में दम करना; **to ~ oneself** ख़ामख़ाह कष्ट करना, **2** चिन्ता का कारण बनना या होना [This debt worries me]; **wears a worried look** चिन्तित या परेशान लगता है; **3** (of dog) दांतों तले दबाकर झंझोड़ना [to ~ a rat]; गले से पकड़ कर नोचना या काटना या फाड़ खाना [to ~ a sheep], **4 to ~ out a problem** निरन्तर प्रयत्न करके या अध्यवसाय के साथ समस्या हल करना, **5** *vi* चिन्ता करना, चिन्तित होना, परेशान होना [to ~ about, over, sth], **not to ~** (*colloq*) चिन्ता करने की ज़रूरत नहीं है, **6 to ~ along** *or* **through** (*colloq*) कठिनाइयों के बावजूद यत्न द्वारा आगे बढ़ना या प्रगति करना या सफल होना

worse व़र्स *a* (*compar* of 'bad' and 'ill'), *adv* & *n* **1** *adj* अपेक्षाकृत बुरा, ज्यादा ख़राब, और ख़राब, बदतर [He is a ~ teacher than I], **2** (पहले से) ज्यादा बीमार, अधिक अस्वस्थ [He is ~ today; is getting ~], **3 worse and worse** अधिकाधिक ख़राब या बीमार; *adv* ज्यादा बुरी तरह (से) [He behaves ~ than ever], ज्यादा बुरी हालत में [He is ~ off than before]; *n* अधिक बुरी बात, अधिक ख़राब हालत [But there was ~ to come]; **from bad to ~** बद से बदतर हालत; **the worse** (i) (प्रतियोगिता में) हार, पराजय, (ii) अधिक बुरी हालत **[a change for the ~]**

worsen व़र्सन *vt* & *i* और बुरा कर देना या हो जाना, बदतर बना देना या हो जाना

worship^{1} व़र्शिप *n* **1** (ईश्वर या देवता की) पूजा, पूजन, अर्चना, अर्चन, आराधना, आराधन, उपासना; **place of ~** पूजा-स्थान, मन्दिर, मस्जिद, गिरजा आदि, **2** (व्यक्ति या वस्तु के प्रति) अत्यन्त आदर की भावना, निष्ठा, श्रद्धा, आराधना, पूजा [hero-~; the ~ of wealth, intellect, etc], **3** (इंग्लैंड में कुछ मजिस्ट्रेटों या अन्य माननीय व्यक्तियों को संबोधन करने में) Your, His, W~ महानुभाव; **~ful** *a* **1** पूजा की भावना रखने वाला, पूजा या बहुत सम्मान करने वाला, **2** (*arch*) पूज्य

worship^{2} *vt* & *i* पूजा या उपासना या आराधना करना, (व्यक्ति का) अत्यन्त सम्मान करना, पूजा करना; **worshipper** वर्शिपर *n* उपासक, भक्त

worst वर्स्ट *a* (*superl.* of 'bad' and 'ill'), *adv*, *n* & *vt*; **1** *adj* सब से बुरा या ख़राब [the ~ mistake], सब से घटिया, निकृष्टतम [the ~ paper submitted]; नीचतम [the ~ person]; *adv* the ~ educated सब से कम शिक्षित, *n* **2** सब से बुरी बात या चीज़ या हालत [I saw him at his ~]; निकृष्टतम भाग या अंश [The ~ of the storm is over]; **3 to get, have, the ~ of it** हार जाना; **at (the) worst** बुरे से बुरा या ज्यादा से ज्यादा यही होगा कि [He will be dismissed, at (the) ~]; **if the ~ comes to the ~** यदि बुरे से बुरा हुआ तो [if the ~ comes to the ~, he will still have some money in the bank]; **Do your ~!** जो बुरे से बुरा तुम कर सकते हो, कर लो! **Let him do his ~!** जो बुरे से बुरा वह कर सकता है, कर ले! (मुझे कोई परवाह नहीं है); *vt* पराजित करना, मात देना [He ~ed his opponent easily]; to be ~ed हार जाना

worsted वुस्टिड *n* लंबे रेशे के ऊन का महीन तागा; (इसका बना) ऊनी कपड़ा; वर्स्टिड

wort वर्ट *n* पौधा, बूटी (only in *comb.*; *e.g.* liverwort, woundwort, etc)

worth^{1} व़र्थ *pred a* & *n* **1** मूल्य का, के बराबर मूल्य का [It is ~ much, little, something, nothing]; (मूल्य) का [It is ~ Rs. 50]; **2** के योग्य, के लायक [~ doing, reading, notice, the trouble]; **worth it** (*colloq*) (=worthwhile) करने योग्य, लाभदायक; **well ~ doing etc** निश्चय ही करने लायक; **3 for what it is worth** ऐसा न मान कर कि यह ज़रूर ही सच या ठीक या लाभकर है; जैसा भी है [I give you, you must take, this for what it is worth]; **4** (इतनी संपत्ति) का मालिक [He is ~ a million rupees]; **5 for all one is ~** (*colloq*) पूरा ज़ोर लगाकर, यथाशक्ति, भरसक [He ran for all he was ~]; **6 worthwhile** *a* करने योग्य, उचित, लाभकर [a ~while job] (also see while^{1}, 2); *n* **1** (वस्तु का) मूल्य, कीमत [a thing of great, little, no, ~]; (व्यक्ति का) गुण, योग्यता [men of ~]; महत्त्व, उपयोगिता; **2** (इतने) मूल्य की वस्तु [Give me a rupee's, two rupees', ~

of tea]; **worthless** वर्थ्‌लिस *a* निकम्मा, दो कौड़ी का, घटिया, बेकार, रद्दी

worth^{2} *vi* (*arch.*, only in) Woe ~ the day! वह कितना अशुभ या मनहूस दिन था !

worthiness वर्‌दिनिस *n* **1** गुण, योग्यता, अर्हता, पात्रता; **2** पूजनीयता

worthy वर्दि *a* & *n* **1** योग्य, लायक, गुणवान्, गुणसंपन्न [a ~ son of a ~ father]; **2** पूज्य, माननीय [a ~ man], **3** अच्छा, नेक, भला, चरित्रवान्, सदाचारी, सदाचार का, नेकी का [He lived a ~ life]; **4 worthy of** (i) के योग्य [~ of remembering or remembrance; ~ of being remembered; he is not ~ of her]; (ii) उचित, उपयुक्त [in words ~ of the occasion]; ~ **to be** *or* **to do** के योग्य [He is ~ to be our leader, ~ to lead the nation]; **5** उचित, उपयुक्त [received a ~ reward]; *n* गण्य-मान्य व्यक्ति, बड़ा आदमी [The village worthies included a doctor]

would वुड (see will^{1}); **would-be** *a* बनने का इच्छुक [a would-be poet etc]

wound^{1} वूंड *n* & *vt* **1** घाव, ज़ख्म, क्षत, व्रण [to receive, inflict, make, heal, a ~]; (वनस्पति को लगी) गहरी चोट; **2** *fig* (मानसिक) आघात, चोट, ठेस [a ~ to his vanity], *fig* (वि० यश की) क्षति, हानि; **3** (*comb*): **woundwort** घाव ठीक करने की बूटी, घाव-पत्ता *vt* **1** घाव करना, घायल या ज़ख़्मी करना, **2** (मानसिक) आघात या चोट या ठेस पहुंचाना [to ~ s.o.'s feelings], **3** (ख्याति को) क्षति या हानि पहुंचाना; **~ed** *a* **1** घायल, ज़ख़्मी; **2** *fig* चोट खाया हुआ

wound^{2} वाउन्ड *pt*, *pp* of wind^{3}

wow वाउ *int* & *n* वाह-वाह ! *n* (*sl*) अत्यन्त सफल (नाटक आदि का) प्रदर्शन

wowser वाउज़र *n* **1** कट्टरपन्थी; **2** रंग में भंग करने वाला, **3** = teetotaller

wrack रैक *n* **1** = rack^{1} *q.v.* बरबादी [to go to wrack (*or* rack) and ruin], **2** टूटी-फूटी चीज़ का शेष भाग, भग्नावशेष [left not a ~ behind], **3** खाद के काम में आने वाली समुद्री घास

wraith रेथ *n* **1** (व्यक्ति की मृत्यु से पहले दिखाई देने वाला) साया (जो उसकी मृत्यु का सूचक माना जाता है); **2** भूत, प्रेत

wrangle रैंङ्गल *n* & *vi* (क्रोधपूर्वक या ऊँचे स्वर में) वाद-विवाद, कहा-सुनी, तकरार, झगड़ा; *vi* वाद-विवाद करना, तकरार करना, (दो व्यक्तियों में) कहा-सुनी या तकरार होना; **~r** *n* **1** झगड़ालू आदमी, विवादप्रिय, **2** (Cambridge univ.) = गणित आनर्स (tripos *q.v.*) में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण व्यक्ति

wrangling रैङ्ग्लिङ्ग *n* = wrangle *n*,

wrap^{1} रैप *vt* (-pp-) **1** (चीज़ को कागज़, कपड़े आदि में लपेटना, से वेष्टित करना [to ~ (**up**) a package in paper etc]; पर ओढ़ना, से ढकना [W~ your head in a scarf]; **2** ढकना, आच्छादित करना, छिपा लेना [The hill is ~ped in mist; the affair is ~ped **in** mystery]; **3** (कागज़, कपड़ा आदि) चीज़ पर लपेटना [to ~ paper around a package]; ओढ़ना [W~ a scarf around your head]; **to ~ up** (dealings, etc) निपटाना, ख़तम करना; **~ped up in** लीन, तल्लीन, मग्न [~ped up in one's work], **4 to ~ oneself up** चादर, शाल, दुशाला आदि ओढ़ना, (also *vi*) [W~ up well when you go out]

wrap^{2} *n* (usu in *pl*) (साधारण कपड़ों के ऊपर) ओढ़ने का वस्त्र, चादर, शाल, दुशाला, स्वेटर, कोट, लबादा आदि; **to take the ~s off** लोगों के सामने रखना; प्रदर्शित करना; प्रकट करना; **under ~s** छिपा (कर रखा) हुआ, गुप्त; **~age** रैपिज *n* = wrapping(s); **~per** रैपर *n* **1** लपेटने का कागज़ या कपड़ा, वेष्टन, लपेटन, बेठन; **2** (पुस्तक की जिल्द के ऊपर चढ़ाया हुआ) आवरण, रैपर, **3** ड्रेसिंग गाउन (-जैसा ढीला-ढाला कपड़ा); **~ping** रैपिङ्ग *n* लपेटने का कागज़ या कपड़ा; वेष्टन, बेठन; ~ping paper लपेटने का कागज़

wrath रॉथ, रॉथ *n* (*rhet*, or *joc*) भारी क्रोध, भारी कोप, रोष, गुस्सा; **slow to ~** जल्दी गुस्से में न आने वाला, धीर-स्वभाव, शान्त स्वभाव; **~ful** *a* अति क्रोधी, गुस्सैल

wreak रीक *vt* **1** क्रियान्वित करना, कार्यरूप में परिणत करना, **to ~ havoc** (on the enemy etc), **2** तबाही मचाना, तबाह करना; **to ~ vengeance upon** s.o. किसी से बदला लेना; **to ~** one's anger **on** s.o. किसी पर गुस्सा निकालना या उतारना

wreath (रीथ; *pl* रीड्ज़) *n* **1** (सिर पर पहनने या प्रतिमा आदि को सजाने के लिए) गूंथे हुए फूलों या पत्तों का चक्कर, चक्राकार (पुष्प-)माला, पुष्प-चक्र, गजरा, **2** चक्राकार वस्तु, चक्कर, वलय, छल्ला; ~ of smoke धूएं का छल्ला, ~ of clouds मेघवलय

wreathe रीद *vt* & *i* **1** मोड़ कर गोलाकार या वलय या छल्ला बनाना [to ~ silk], **2** गूंथ कर माला बनाना [to ~ flowers], **3** लपेटना [to ~ one's arms **round** s.o.]; (of snake etc) लिपटना [to ~ itself **round** sth], **4** वलय से विभूषित करना, आवृत या परिवेष्टित करना, घेरना; face wreathed in smiles मुस्कान-भरा चेहरा, **5** *vi* (of smoke) छल्ले बन कर ऊपर उठना

wreck^{1} रेक *n* **1** जहाज का चलने के अयोग्य हो जाना, टूट-फूट जाना, भंग [~ of a ship; the ship suffered ~]; पोतभंग [The gale caused many ~s]; **2** टूटा-फूटा जहाज, भग्न पोत; टूटी-फूटी इमारत, खण्डहर; टूटी-फूटी मोटर-गाड़ी आदि, (इनका) भग्नावशेष; **3** *fig* विनाश, ध्वंस, तबाही, बरबादी [the ~ of one's hopes, happiness, plans, etc]; **4** *law* भग्नपोत का माल (वि० जो किनारे पर आ लगा हो, **5** व्यक्ति जिसका स्वास्थ्य बरबाद हो गया हो, जो घुल गया हो, जिसका शरीर क्षीण हो गया हो),जो छायामात्र रह गया हो [He is a (physical) wreck]; जिसका दिमाग़ काम न कर सके [he is a (mental) wreck]

wreck² *vt* & *i* **1** विनाश करना, बरबाद करना [to ~ s.o.'s hopes, happiness], **2** तोड़-फोड़ डालना, नष्ट करना [to ~ a ship, car, etc], to ~ a building इमारत गिराना या ढाना या तोड़ना; to ~ a train गाड़ी को पटरी से उतार देना

wreckage रे᷄किज *n* **1** तोड़ना, नष्ट करना, बरबाद करना; ध्वंसन; **2** टूटी-फूटी चीज, (जहाज आदि का) भग्नावशेष, मलवा

wrecker रे᷄कर *n* **1** (अपने लाभ के लिए) पोत-भंग करने वाला, **2** भग्न पोत का माल चुराने वाला, **3** भग्न पोत के माल को बचाने या निकालने में नियुक्त आदमी, **4** (U.S.) टूटी-फूटी गाड़ियों की मरम्मत करने वाला

wren रे᷄न *n* एक छोटी गायक चिड़िया, फुदकी

wrench¹ रे᷄न्च *vt* **1** जोर से मरोड़ना या एक ओर खींचना, मरोड़ कर खींचना [He ~ed my wrist], **2** मरोड़ कर अलग कर देना [He ~ed the fowl's head **off**]; मरोड़ कर छीन लेना [He ~ed the knife **from** the assailant], **3** (अपने अंग का) मोच खाना, मुरकना [to ~ one's ankle, shoulder, etc], *fig* (तथ्यों को) तोड़-मरोड़ देना, (अर्थ) विकृत करना [to ~ the facts]

wrench² *n* **1** मरोड़; झटका; खींच, **2** मोच, **3** (बिछुड़ने या विदाई की) पीड़ा [Leaving home was a great ~], **4** ढिबरी आदि कसने का औजार, प्रकुंच, रेंच

wrest रे᷄स्ट *vt* & *n* **1** जोर से मरोड़ना, **2** किसी के हाथ से छीन लेना [to ~ a knife **from** a child], **3** बड़े परिश्रम या कठिनाई से प्राप्त करना [to ~ a living **from** the soil], **4** तोड़ना-मरोड़ना [to ~ the facts]; (अर्थ) बदलना, विकृत करना [to ~ the sense, words, of a passage]; *n* (*arch*) (सितार, प्यानो आदि के तारों को कसने की) चाभी

wrestle रे᷄सल *vi* & *t* & *n* **1** कुश्ती लड़ना या करना, मल्लयुद्ध करना [to ~ **with** s.o.], **2** (समस्या सुलझाने या काम करने के लिए) पूरा जोर लगाना, जी-तोड़ कोशिश करना, जूझना [to ~ **with** a problem, task, difficulty, etc], **3** के विरुद्ध या साथ संघर्ष करना, पर विजय पाने का यत्न करना [to ~ **with** a temptation, an evil]; **to ~ with God**; to ~ **in prayer** बड़े जोश से प्रार्थना करना, **3** *vt* से कुश्ती लड़ना [to ~ s.o.], बड़ा जोर लगा कर हिलाना, से कुश्ती करना [to ~ sth]; *n* **1** कुश्ती; **2** घोर प्रयत्न, संघर्ष

wrestler रे᷄स्लर *n* पहलवान, मल्ल

wrestling रे᷄स्लिङ्ग *n* कुश्ती, मल्लयुद्ध; wrestling match दंगल

wretch रे᷄च *n* **1** बहुत अभागा या दुःखी व्यक्ति, दीन-हीन या दयनीय आदमी, बेचारा, **2** (*often as a term of playful depreciation*) बेशरम, नीच, कम्बख़्त [You wretch!]

wretched रे᷄चिड *a* **1** अभागा, दुःखी, दीन-हीन, दुर्दशाग्रस्त, गया-बीता, दयनीय, बेचारा, **2** दुःखद, दुःखदायी, परेशान करने वाला; ~ weather बहुत ख़राब मौसम; **3** घटिया, बहुत मामूली, तुच्छ [a ~ hotel, singer, poet, job, etc]; ख़राब, निकम्मा, रद्दी [This coffee is ~ stuff]; **4 to feel ~** बहुत दुःखी या परेशान या अस्वस्थ होना

wrick, rick रिक *n* & *vt* हल्की मोच, खिंचाव, तनाव [I have a wrick (*or* rick) in my neck]; *vt* (अपने अंग का) मोच खाना, मुरकना [He **wricked** (*or* **ricked**) his back when digging]

wriggle रिगल *vi* & *t* & *n* **1** (of worm, snake) कुलबुलाना, बल खाते हुए रेंगना, (of animal, person) बल खाते हुए रेंग कर जाना [to ~ through a hole; to ~ **out of, into,** a place]; **2** (*fig*) to ~ into s.o.'s favour चालाकी आदि से किसी का अनुग्रह प्राप्त करना; **3** *fig* टाल-मटोल करना, बहाना करना; to ~ **out of a difficulty** युक्ति से या बहाने से कठिन स्थिति से बच निकलना, पीछा छुड़ाना, पिंड छुड़ाना, **4** *vt* इधर-उधर मोड़ना या हिलाना, [to ~ oneself, one's body, tail, etc], **5** to ~ one's way (through a narrow opening) बल खाते हुए रेंग कर जाना; *n* कुलबुलाहट; सर्पिल गति, परिसर्पण

wright राइट *n* कर्मी, कारीगर, शिल्पी; रचयिता (*arch exc in comb. as* wheelwright, playwright)

wring रिङ्ग *vt* (wrung) & *n* **1** निचोड़ना [to ~ clothes; to ~ water out of clothes]; **~ing wet** इतना गीला कि निचोड़ने से पानी निकले; **2** मरोड़ना; मरोड़ कर तोड़ डालना, to **~ the neck of** (a chicken, hen, etc) गर्दन मरोड़ना, मार डालना; **3** पकड़ना, दबाना, to ~ **s.o.'s hand** स्नेहपूर्वक हाथ पकड़ना, to ~ **one's hands**(**in despair**) हाथ मलना, हाथ मलता रह जाना; **4** आग्रहपूर्वक प्राप्त करना, निकाल लेना [to ~ a secret **from, out of,** s.o.]; ऐंठना [to ~ money **from, out of,** s.o.]; *n* मरोड़, दबाव, निष्पीडन, निचोड़ [Give these clothes a

~]; **~er** रिङ्गर *n* कपड़े निचोड़ने की मशीन, निचोड़-यन्त्र, निष्पीडन-यन्त्र

wrinkle रिङ्कल *n* & *vt* & *i* 1 (in skin) झुर्री, शिकन; (in garment) सिलवट, सिकुड़न [a dress that fits without a ~]; **2** *colloq* काम की बात या सूचना (जो औरों को पता न हो), गुर, युक्ति, तदबीर [to give s.o. a ~ or two; to put s.o. up to a ~ or two]; *vt* झुर्रियां डालना [He ~d his forehead; he is ~d with age]; *vi* झुर्रियां पड़ना; सिलवट या सिकुड़न पड़ना

wrist रिस्ट *n* **1** कलाई, मणिबन्ध, पहुंचा, गट्टा; **2** (कमीज, कोट आदि का) कलाई को ढकने वाला भाग, **3** (*comb*:) **~band** कफ़; **~-watch** हाथ या कलाई की घड़ी; **wristlet** रिस्ट्लिट *n* कलाई पर पहनने का गहना; चूड़ी, कड़ा, कंगन, पहुंची

writ¹ रिट *n* **1** (अदालत आदि का) लिखित आदेश, समादेश, हुक्मनामा, परवाना [A ~ is out for his arrest]; **~ of attachment** कुर्की का आदेश; **~ of habeas corpus** बन्दीप्रत्यक्षीकरण आदेश; **~ of mandamus** = mandamus *q.v.*; **~ of quo warranto** अधिकारपृच्छा-आदेश; **~ petition** अदालत का आदेश प्राप्त करने के लिए आवेदन, आदेश-याचिका; **2 to serve a ~ on s.o.** किसी पर आदेश की तामील कराना (also see serve, 8); **3 Holy** *or* **Sacred W~** बाइबिल (आदि धर्मग्रन्थ)

writ² (see write)

write राइट *vt* & *i* (wrote, written; *arch* writ, see 4) **1** लिखना [W~ legibly; W~ in ink]; **2** पत्र लिखना या भेजना [to ~ to s.o.; to ~ home], **3** *vt* (पत्र, चेक, पुस्तक, लेख, कविता आदि) लिखना, **4** (*fig*, esp in *pp*) अंकित करना, व्यक्त या प्रकट करना [Honesty is written on his face]; **writ large** बड़े-बड़े अक्षरों में लिखित; स्पष्ट अंकित, व्यक्त; **5** (बीमा पालिसी) जारी करना, (बीमा) करना [What company wrote your insurance?], **6** (*with prepp* & *advv*) **to ~ back** (पत्र का) उत्तर देना; **to ~ down** लिख लेना, लिख कर नोट कर लेना, टाँकना; **to write off** (i) (पत्र आदि) लिख कर भेज देना; (ii) आसानी से लिख डालना [to ~ off an article etc]; (iii) (न वसूल होने वाली रकम को) बट्टे खाते में डाल देना [to ~ off a debt, sum, etc]; to ~ off so much for wear and tear घिसाई या टूट-फूट के लिए इतनी रकम काट या छोड़ देना; (iv) (बेकार मान कर गणना से) निकाल देना, काट देना [to ~ off a vehicle etc]; **to ~ out** पूरा लिख डालना; **to ~ up** (i) लेख में (किसी के काम की) प्रशंसा करना, (ii) (घटना आदि का) पूरा विवरण लिखना, **7** *comb*: **write-off** *n* बेकार (और मरम्मत के अयोग्य) गाड़ी आदि; **write-up** (विवरणात्मक) लेख

writer राइटर *n* **1** लिखने वाला, कातिब, लिपिक, **2** क्लर्क, मुंशी, **3** लेखक, ग्रन्थकार, रचयिता, **the (present) ~** इस लेख या ग्रन्थ का लिखने वाला, मैं, स्वयं; **4 ~'s cramp** बहुत लिखते रहने के कारण उंगलियों में होने वाली ऐंठन या कुड़वल

writhe राइद *vi* & *t* & *n* **1** (दर्द के मारे) करवटें बदलना, छटपटाना; तड़फड़ाना, तड़पना, **2** (मानसिक) आघात लगना, छटपटाना, तड़पना, तिलमिलाना, **3** *vt* मरोड़ना, ऐंठना [to ~ one's body]; *n* छटपटाहट; तिलमिलाहट

writing राइटिङ्ग *n* **1** हस्तलेख, लेख, लिखाई, लिखावट; लेखन; ~ materials लेखन-सामग्री, **2** दस्तावेज़, **3** साहित्यिक रचना, लेख, ग्रन्थ, **4 to put sth in ~** लिपिबद्ध करना, लिखना, लिख लेना; **5 the writing on the wall** भावी अनिष्ट का स्पष्ट संकेत (करने वाली घटना आदि)

wrong¹ रॉङ्ग *a*, *n* & *adv*; **1** *a* ग़लत [I took the ~ road]; अशुद्ध [~ answer], अयथार्थ, मिथ्या [~ use of words], असत्य; **in the ~ box** असुविधाजनक स्थिति में, कठिनाई में; **2** (of conduct) बुरा, अनुचित, अन्याय्य, ग़लत [You do, say, the ~ thing; it is ~ to blame him]; पापमय [~ deeds]; **3** (of person) ग़लती पर, भ्रम में [You are ~]; (of opinion, view, etc) भ्रान्त, भ्रमपूर्ण, ग़लत, **4** गड़बड़, अव्यवस्थित, ख़राब, Something is ~ with the engine इंजन में कुछ ख़राबी है; Something is ~ with him उसकी तबीयत कुछ गड़बड़ है; What's ~ with that? (*colloq*) इसमें क्या ख़राबी या बुराई है? (अर्थात् यह ठीक ही है); **5** उल्टा, **the ~ side of the fabric** कपड़े की उल्टी तरफ़; **to get hold of the ~ end of the stick** (*fig*) समझने में ग़लती करना, ग़लत या उल्टा समझ लेना; **6** to be **on the ~ side of forty** etc (उम्र में) चालीस से ऊपर का होना, **7** *comb*: **~-headed** उल्टी समझ का, दुर्मति; ग़लत बात पर अड़ने वाला, दुराग्रही; *n* **1** बुरा काम, बुरी बात, बुराई, पाप [to know right from ~]; ग़लत बात, ग़लती [Two wrongs do not make a right]; **to do ~** (i) पाप या बुरी बात करना, (ii) कानून या नियम का उल्लंघन करना, अपराध करना, **2** अन्याय, बेइंसाफ़ी, अत्याचार, जुल्म [He suffered many ~s]; to labour under a sense of ~ (see labour², 2); हानि, क्षति, अपकार, दुर्व्यवहार [to do s.o. ~]; **3** ग़लती; अपराध, दोष, **to be in the ~** (i) ग़लती पर होना; (ii) ग़लती करना, दोषी होना; **to put s.o. in the ~** किसी को दोषी बताना, ऐसी बात कहना जिससे दूसरा आदमी दोषी प्रतीत हो; *adv* **1** ग़लत (ढंग से) [to answer, guess, ~; to do a sum ~]; **2 to get s.o. ~** किसी (की बात) को ग़लत समझना; **to get in ~ with s.o.** किसी को नाराज़ करना; **to get s.o. in ~ with s.o.** किसी को किसी का घृणापात्र या अप्रिय बना देना; **3 to go ~** (i) ग़लत रास्ते पर जाना, पथभ्रष्ट होना, रास्ता भूल जाना, (ii) बुरा काम करना, पापाचरण करना, (iii) (of machine etc) बिगड़ जाना, ख़राबी पैदा होना; (of business etc) गड़बड़ हो जाना, सफल न होना [Things are going ~]

wrong^{2} *vt* **1** हानि या क्षति पहुंचाना, का अपकार करना, **2** से दुर्व्यवहार करना [He ~ed his wife]; **3** किसी की नीयत को ग़लत समझना [You ~ me when you say I am jealous]; **~ed** *a* अपकृत; ~ed party अपकृत पक्ष

wrongdoer रॉङ्ग्डूअर् *n* **1** कानून का उल्लंघन करने वाला, दूसरे के अधिकार का अतिक्रमण करने वाला, अपराधी, दोषी, कसूरवार; **2** अन्याय या अत्याचार या ज़ुल्म करने वाला, अन्यायी, अत्याचारी; **3** कुकर्म या पाप करने वाला, कुकर्मी, पापी; **wrongdoing** *n* **1** अपराध, कसूर, **2** अन्याय, अत्याचार, **3** कुकर्म, पाप

wrongful रॉङ्ग्फ़ल *a* **1** न्यायविरुद्ध, अन्याय्य, बेइंसाफ़ी का, अनुचित [~ dismissal], **2** कानून-विरुद्ध, अवैध [~ comfinement], **3** (of person) जो कानूनी अधिकार के बिना पद पर प्रतिष्ठित हो, अवैध, अनधिकारी [~ president etc]; **~ly** *adv* अन्यायपूर्वक; अवैधरूप से, अनधिकारपूर्वक

wroth रोथ, रॉथ *pred a* (*rhet*, *poet*, or *joc*) क्रुद्ध, कुपित, नाराज़ [to wax ~] (also see wrath)

wrought रॉट *a* (see work^{2} *vt* 7 and 9), **~ iron** पिटवाँ लोहा

wry राइ *a* **1** मरोड़ा हुआ, तिरछा, टेढ़ा, विकृत, **to pull a ~ face** *or* **mouth** मुँह बनाना, मुँह चिढ़ाना, नाक-भौं चढ़ाना या सिकोड़ना, अरुचि या असन्तोष व्यक्त करना, **2 a ~ smile** व्यंग्यपूर्ण हँसी, **~ humour** कटु परिहास या मज़ाक; **3 wryneck** *n* (i) (=torticollis) गर्दन का अकड़ाव; (ii) टेढ़ी गर्दन वाला आदमी, वक्रग्रीव; (iii) पक्षी-विशेष; **wryly** *adv* व्यंग्यपूर्वक

wunderkind *G.* वुंडर्किंट *n* विलक्षण प्रतिभा-संपन्न युवक; छोटी उम्र में महान् सफलता प्राप्त करने वाला आदमी

wyvern वाइवर्न *n* (*her*) (कुलक्रमागत शस्त्र या ध्वजा पर बना) पंखयुक्त द्विपाद अजगर

Xx

X, x ऍक्स, अंग्रेज़ी वर्णमाला का चौबीसवां वर्ण, **1** *alg* प्रथम अज्ञात राशि; (Roman numeral) X=10, XI=11; **2** अज्ञात वस्तु या व्यक्ति आदि [Mr. X], **3** (of films) जो अल्प-वयस्कों (या नाबालिग़ों) के लिए न हों

xanthic ज़ैन्थिक *a* कुछ-कुछ पीला, पीताभ, बसन्ती

Xant(h)ippe ज़ैन्-टिपि *n* लड़ाकी औरत या पत्नी, कर्कशा, चण्डी [*name of Socrates' wife*]

xanthoma ज़ैन्-थोम: *n* चर्मरोग (जिसमें गर्दन आदि पर पीली चित्तियां पड़ जाती हैं)

xanthophyll ज़ैन्थ-फ़िल *n* (*chem*) भूरे रंग का यौगिक जिसके कारण पतझड़ में पत्तों का रंग पीला पड़ जाता है, पर्णपीत (*cf* chlorophyll)

xebec ज़ीबॅक *n* (भूमध्यसागर में चलने वाला) छोटा तीन-मस्तूली जहाज़

xeno- ज़ॅन: *comb.* form=विदेशी, पराया, पर, अन्य

xenogamy ज़ॅ-नॉगमि *n* (of animal) मादा को भिन्न जाति के नर से संसिक्त कराना, परसंसेचन, परनिषेचन; (of plant) पर-परागण

xenolith ज़ॅन-लिथ *n* एक प्रकार के प्रस्तरखण्ड में पाया जाने वाला अन्य प्रकार का पत्थर, अपराश्म

xenon ज़ॅनॉन *n* (*chem*) गैस-विशेष

xenophobe ज़ॅनफ़ोब *n* विदेशियों या अपरिचितों से घृणा करने वाला, इनसे डरने वाला; **xenophobia** ज़ॅन-फ़ोबिअ *n* विदेशियों या अपरिचितों से घृणा या भय, अज्ञातजनभीति

xeranthemum ज़िअ-रैन्थिमम *n* एक फूलदार बूटी

xero- ज़िअर:, ज़ॅर: *comb.* form=शुष्क, खुश्क

xerography ज़िअ-रॉग्रफ़ि *n* काला या रंगदार पाउडर छिड़क कर बिजली के द्वारा प्रतिलिपि बनाने की विधि, विद्युत्प्रतिलेखन; ज़ीरोग्राफ़ी

xerophilous ज़िअ-रॉफ़िलस *a* (of plant) खुश्क वातावरण या मरुभूमि में उग सकने वाला, मरुरागी

Xerox ज़िअ-रॉक्स *n* & *vt*; विद्युत्प्रतिलेख, विद्युत्प्रतिचित्र; ज़ीराक्स; *vt* ज़ीरोग्राफ़ी से लेख या चित्र की नकल तैयार करना, ज़ीरोक्स करना

xiphoid जिफ़ोॅइड *a* तलवार की शक्ल का, खड्गाकार

Xmas क्रिस्मस *n abbr*. of Christmas

X-ray ऍक्स्-रे *n* & *vt* 1 लघुतरङ्गायाम की विद्युच्चुम्बकीय किरणें (जो ठोस पदार्थों में से गुज़र सकती हैं), ऐक्स-किरण, 2 ऐक्सकिरण से लिया गया चित्र, ऐक्स(किरण-)चित्र, *vt* 1 एक्सकिरणचित्र बनाना, 2 ऐक्सकिरण द्वारा परीक्षण या चिकित्सा करना

xylo- ज़ाइल: *comb*. form = लकड़ी, काष्ठ

xylocarp ज़ाइल-कार्प *n* काष्ठ-जैसे कड़े फल वाला पेड़, कड़ा फल, काष्ठफल; ~**ous** *a* काष्ठफल वाला

xylography ज़ाइ-लॉग्रफ़ि *n* 1 काष्ठ पर की हुई नक्काशी, काष्ठचित्र, 2 काष्ठचित्र द्वारा मुद्रण

xylophagous ज़ाइ-लॉफ़गस *a* (of insect) लकड़ी को खाने वाला, काष्टभक्षी; लकड़ी में छेद करने वाला, काष्ठभेदी

xylophone ज़ाइल-फ़ोन *n* भिन्न-भिन्न लंबाई की काष्ठ-शलाकाओं का बना वाद्य (जिसे लकड़ी की छोटी हथौड़ी से बजाया जाता है), काष्ठतरंग

xyster ज़िस्टर *n* हड्डियों को खुरचने का औज़ार, खुरचनी

xystus ज़िस्टस *n* (प्राचीन ग्रीक) व्यायाम-मंडप

Yy

Y, y वाइ, अंग्रेज़ी वर्णमाला का पच्चीसवां वर्ण; *alg* दूसरी अज्ञात राशि; *abbrs*: **Y.M.C.A.** (= Young Men's Christian Association) मसीही युवक-सभा; **Y.W.C.A.** (= Young Women's Christian Association) मसीही युवती-सभा

yacht योॅट *n* & *vi* 1 (नौका-)दौड़ की नौका, धाव-नौका, 2 (भाप, बिजली आदि से चलने वाली बिना चप्पू की) विहार-नौका; *vi* नौकादौड़ में भाग लेना; नौकाविहार करना; ~**sman** *n* नौका-दौड़ में भाग लेने वाला; नौकाविहार करने वाला

yah या *int* उपहास या अवज्ञा का सूचक शब्द, वाह!

yahoo य-हू *n* नरपशु, जंगली, वहशी

yak यैक *n* तिब्बत में पाया जाने वाला लंबे-लंबे बालों वाला बैल या गाय; सुरागाय

Yalta यॉल्टः *n* यूक्रैन (Ukraine, U.S.S.R.) का एक बन्दरगाह जहां दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान फ़रवरी 1945 में रूज़वेल्ट, चर्चिल और स्टालिन का सम्मेलन (~ **conference**) हुआ था

yam यैम *n* रतालू; अरवी, घुइयां

yammer यैमर *vi* & *n* (*colloq*) 1 विलाप करना, 2 शिकायत करना, बड़बड़ाना, 3 बहुत बातें करना; *n* विलाप; बड़बड़ाहट; बक-बक

yank^{1} यैङ्क *vt* & *n* (*colloq*) झटके से खींचना, एक ही झटके से उखाड़ना [to ~ out a tooth]; *n* झटका

Yank^{2} यैङ्क *n. abbr*. of foll.

Yankee यैङ्कि *n* अमरीका निवासी, अमरीकी; *attrib*. अमरीकियों का, अमरीकियों-जैसा; ~ **Doodle** 1 अमरीकी राष्ट्रगान (की धुन); 2 = Yankee

yap यैप *vi* (*-pp-*) & *n* 1 ज़ोर से भौंकना, 2 (*colloq*) बक-बक करना, बेकार की बातें करना, टॅं-टॅं करना; *n* 1 भों-भों, भौंक; 2 बक-बक

yard^{1} यार्ड *n* 1 गज़; **by the** ~ गज़ के हिसाब से [We used to buy cloth by the ~]; *fig* बड़ी मात्रा में, 2 *naut* मस्तूल के आर-पार लटकाया जाने वाला लंबा डंडा जिससे पाल का सिरा बांधा जाता है, अड़-डंडा, पीरमान, **to man the ~s** सलामी देने के लिए अड़-डंडों के साथ-साथ खड़ा होना या (लोगों को) खड़ा करना, 3 *comb*: ~ **measure** गज़ का फ़ीता या दण्ड (जिस पर फ़ुट और इंच के निशान बने होते हैं); **yardstick** (i) (लोहे, लकड़ी आदि का बना) गज़, गज़दण्ड, (ii) *fig* तुलना या निर्णय करने का आधार या कसौटी, मानदण्ड, मापदण्ड [to measure others by one's own yardstick]

yard^{2} *n* 1 चारों ओर से घिरा हुआ मैदान, अहाता, हाता, बाड़ा, 2 (पशुओं का) बाड़ा, पशुशाला, 3 अहाता जिसमें कोई निर्माणकार्य या अन्य काम होता हो [brick-~, dock-~, railway-~]; 4 *comb*: ~**-man** रेल्वेयार्ड आदि में काम करने वाला आदमी; ~**-master** रेल्वे-यार्ड का प्रबन्धक

yard^{3} *vt* (पशुओं को कुछ समय के लिए) बाड़े में रखना या भेजना

yardage यार्डिज *n* 1 गज़ों में लंबाई, इतने गज़ (लंबाई), 2 बाड़े (में पशु रखने) का किराया; रेल-यार्ड का किराया

yarn यार्न *n* & *vi* 1 (बुनाई के लिए) धागा, तागा, सूत, 2 *colloq* (विं० लम्बी और अविश्वसनीय) कहानी, रामकहानी, किस्सा; to spin a ~ (see spin^{1}, 2); *vi* (*colloq*) किस्सा या किस्से

सुनाना

yarrow यैरो *n* एक सदाबहार बूटी, सहस्रपर्णी

yashmak यैश्मैक *n* एक प्रकार का बुर्का, यश्मक

yataghan यैट-गैन *n* (एक प्रकार का तुर्की) खंजर

yaw यॉ *vi & n* (of ship, aircraft, spacecraft, etc) सीधे न जा पाना, मार्ग से हट जाना, विचलित होना, कभी दायें कभी बायें हो जाना; ~ing movement कुटिल गति; *n* विचलन

yawl यॉल *n* **1** जहाज़ की छोटी नौका, **2** छोटा दो-मस्तूली जहाज, **3** मछली पकड़ने की छोटी नौका

yawn यॉन *vi & t & n* **1** जंभाई या उबासी लेना, **2** (दरार, खाई आदि का) बड़ा या चौड़ा या फैला हुआ होना [a ~ing gulf, rent, etc]; मुँह बाये होना [The gulf ~ed at his feet]; *vt* जंभाई लेते हुए कहना ['Heigh-ho!' he yawned]; *n* जंभाई; *sl* उबाऊ काम

yaws यॉज *n pl* (usu treated as *sing*) चर्म-रोग (जिसमें गोल-गोल दाने उभर आते हैं)

yclept इ-क्लेप्ट *a* (*arch* or *joc*) (इस) नाम का

ye यि, यी *pron* (*pl* of thou) तुम

yea ये *adv & n* (*arch* or *liter*) **1** हां, **2** वस्तुतः, सचमुच [yea, and he did come], **3** (ऐसा ही नहीं) बल्कि, अपितु [The remedy is useless, yea harmful]; *n* हां; सकारात्मक वोट; **yeas and nays** सकारात्मक और नकारात्मक वोट; समर्थन और विरोध के मत, पक्ष और विपक्ष के मत

year यिअर *n* **1** वर्ष, बरस, साल, संवत्सर, **2** सन्, in the year 1980, सन् 1980 में, **3** **calendar** ~ 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक (का समय); कैलंडर वर्ष; **leap** ~ 366 दिन का वर्ष (जिसमें फ़रवरी के 29 दिन होते हैं), अधिवर्ष; **lunar** ~ चान्द्र वर्ष; **sidereal** ~ नाक्षत्र वर्ष; **solar** ~ सौर वर्ष; **4** ~ **after** ~; ~ **in**, ~ **out** वर्षों तक निरन्तर, निरन्तर कई वर्ष तक, बरसों, **5** in *pl* (i) उम्र, आयु, अवस्था; from his earliest ~s छोटी अवस्था या उम्र से ही, (ii) वृद्धावस्था, बुढ़ापा; **young for his ~s** जो अपनी उम्र से कम का लगता हो, **to be getting on in ~s** वृद्ध होता जाना; **advanced in ~s** वृद्ध, वयोवृद्ध, **6** *comb*: ~**-book** वार्षिक प्रकाशन जिसमें किसी विषय की आरंभ से लेकर उस वर्ष तक की पूरी जानकारी हो, वर्षपुस्तिका, वर्षग्रन्थ, वार्षिकी, सालनामा; ~**-long**, ~**-round** *aa* वर्ष भर रहने या चलने वाला, वर्ष भर का

yearling यिअर्लिङ्ग *n & a* **1** पशु जो एक साल का हो गया हो (पर दो साल से छोटा हो); *a* एकवर्षीय [~ colt]; **2** ~ bride दुलहन जिसकी शादी को एक साल बीता हो

yearly यिअर्लि *a, adv & n* **1** *a* प्रति वर्ष होने वाला, वार्षिक, **2** एक वर्ष तक रहने वाला, एक वर्ष का; *adv* प्रति वर्ष, *n* वार्षिक प्रकाशन या पत्रिका

yearn यर्न *vi* **1** बहुत चाहना, तरसना [to ~ **for, after,** rest]; लालसा करना, ललकना, लालायित होना [to ~ for home]; उत्कण्ठित होना, उत्सुक होना [to ~ **to do** sth], **2** के प्रति दयार्द्र या स्नेहार्द्र होना, पर तरस खाना, पर तरस आना [to ~ **towards, to,** s.o.]

yearning यर्निङ्ग *n & a* लालसा, ललक, उत्कण्ठा; तरस; *a* लालायित, उत्कण्ठित

yeast यीस्ट *n* **1** ख़मीर, **2** ख़मीर (उठाने का पाउडर), यीस्ट; **3** झाग, फेन

yeasty यीस्टि *a* **1** झागदार, फेनिल, **2** ख़मीरदार, ख़मीरा, **3**=wordy, 1; **4** गहराई में न जाने वाला, पल्लवग्राही

yell येल *vi & t & n* **1** चीख़ना, चिल्लाना, चीत्कार करना [to ~ with pain, fright, etc], शोर करना, हल्ला करना; **2** to ~ with laughter ज़ोर से हँसना, खिलखिलाना, ठहाका मारना; *vt* **to ~ sth (out)** चिल्ला कर कहना [~ed my name, curses, a refusal]; *n* **1** चीख़-पुकार, शोर, हल्ला, **2** किलकारी; **3** (खेल आदि में अपने स्कूल की टीम को प्रोत्साहित करने का) नारा

yellow^1 येलो *a & n* **1** पीला, ज़र्द, बसन्ती; सुनहरी, **2** जिसकी त्वचा पीली हो, पीतवर्ण, ~ **races** चीनी, जापानी, कोरियन आदि पीतवर्ण जातियां, **3** (of looks, feelings, etc) ईर्ष्यापूर्ण; सन्देहमय, सन्देहपूर्ण, **4** *colloq* कायर, डरपोक, **5** *comb*: ~**back** (पीली जिल्द का) सस्ता उपन्यास आदि, ~**-belly** *n* (*sl*) कायर; ~**-dog** (U.S.) *a* मज़दूर-संघों का विरोधी, हड़ताल न करने का पक्षपाती; ~ **fever**, ~ **Jack** पीतज्वर (जिसमें पीलिया, वमन, रक्तस्राव आदि हो जाता है); ~ **metal** (i) 60 प्रतिशत तांबा और 40 प्रतिशत जस्ता मिला कर बना पीतल, पीत धातु; (ii) सोना, स्वर्ण; **the ~ peril** गोर जातियों की यह आशंका कि पीतवर्ण जातियां उन पर हावी न हो जाएं; पीत संकट; **the ~ press** अनुचित रूप से लोगों में उत्तेजना या दिलचस्पी पैदा करने वाले समाचारपत्र, सनसनीजनक अख़बार; ~ **streak** कायरता (का पुट या अंश) [He has a ~ streak in him]

yellow^2 *n & vt & i* **1** पीला रंग, **2** पीले वस्त्र [dressed in ~], **3** *colloq* कायरता; **4** **the ~s** घोड़ों आदि का पीलिया; *vt & i* पीला करना या हो जाना

yelp येल्प *vi & n* पीड़ा से (कुत्ते का, कुत्ते की तरह) ज़ोर से चीख़ना, चिल्लाना; हर्षोल्लास से चिल्लाना; *n* चीख़, चिल्लाहट

yen यॆन *n* (*pl* same) जापानी मुद्रा

yeoman योमन *n* (*pl* -men) 1 थोड़ी सी ज़मीन का मालिक जो उस पर स्वयं काश्त करता हो, काश्तकार, ज़मीन्दार, भूमिधर, 2 (*hist*) किसान-सैनिक, 3 **to do yeoman('s) service** ज़रूरत के समय बड़ी सहायता करना, वक्त पर बहुत मदद करना या बहुत काम आना; **yeomanry** *n* 1 भूमिधरवर्ग, 2 *hist* वालंटियर किसान-सेना

yes यॆस *adv* & *n* 1 हां, यही बात है, ठीक है [You should answer yes or **no**]; ***N.B.***: 'yes' is used to indicate an affirmative answer to a negative question or to contradict a *neg* statement. Didn't you see him?—'Yes, I did (see him)'; He doesn't live here?—'Yes, he does', 2 (*interrogatively*) Yes? क्या बात है? मैं सुन रहा हूँ, क्या चाहिए?; *n* हां (शब्द); **to say yes** बात मान लेना, कथन की पुष्टि करना; **yesman** *n* (*colloq*) हां में हां मिलाने वाला, जीहुज़ूरिया

yesterday येस्टर्डे *n* & *adv* 1 कल, ~ morning कल प्रात:काल, कल सुबह; the day before ~ (गत) परसों, 2 कुछ ही दिन पहले, हाल [This rule is but of ~]

yester-year यॆस्टर्-यिअर *n* & *adv* गत वर्ष (में)

yet यॆट *adv* & *conj* 1 अब तक, अभी; तब तक [He is, was, not ~ back]; his greatest achievement ~ उसकी अब तक की सब से बड़ी उपलब्धि, 2 (भविष्य में) कभी न कभी, (शेष समय में) कभी, आख़िकार [He will win ~]; अभी [There's time ~]; 3 इसके अतिरिक्त, और भी [yet further triumphs to come]; 4 इसके बावजूद, फिर भी, तो भी [strange and ~ true], 5 (with *compar.*) और भी, इससे भी अधिक [a ~ more difficult task]; 6 **as ~** अब तक, तब तक [as ~ he has *or* had **not** come]; (*conj*) इसके बावजूद, फिर भी, तो भी, किन्तु, परन्तु [It is good, ~ it could be improved]

yeti यॆटि *n* = Abominable Snowman (see abominable)

yew यू *n* 1 (also ~-tree) देवदार जाति का सदाबहार वृक्ष (जो प्राय: गिरजे के कब्रिस्तान में लगाया जाता है); 2 इसकी लकड़ी

Yiddish यिडिश *n* मध्य और पूर्वी यूरोप के यहूदियों की भाषा

yield^1 यील्ड *vt* & *i* 1 उपजाना, उपज देना, फल देना, देना [the farm ~s wheat; the tree ~s a maund of apples; the cow ~s two pails of milk]; 2 (वित्तीय) लाभ देना, से लाभ होना [The investment ~s 15%]; प्राप्ति होना [the tax ~s a large revenue]; 3 सौंपना, समर्पित करना, हवाले करना [to ~ a fortress; to ~ ground]; छोड़ देना [to ~ one's right]; 4 आत्मसमर्पण करना [to ~ oneself prisoner], 5 **to yield the point** (बहस में विपक्षी की) कोई बात या दलील मान लेना, स्वीकार करना; 6 *vi* फ़सल या फल देना [the farm ~s poorly]; लाभकर होना, मुनाफ़ा देना [the investment ~s well]; 7 (बड़े के आगे) दब या झुक जाना, अधीनता स्वीकार करना [to ~ to superior force]; बात मान जाना; 8 भार से दब या झुक जाना, टूट जाना [the plank ~ed **under** our weight]; 9 से प्रभावित होना, के वश में होना, का वशवर्ती होना, **to ~ to** temptation लालच में आ जाना; (of disease) **to ~ to** treatment इलाज से ठीक हो जाना, 10 किसी से उतरकर या कम होना, **to ~ to** nobody in courage साहस में किसी से कम न होना [I ~ **to** none in appreciation of his merits]

yield^2 *n* 1 पैदावार या उपज या फ़सल या फल (की मात्रा) [a poor, good, ~ of wheat]; (of industry) उत्पादन, उत्पाद; 2 (पूंजी-निवेश से) लाभ, नफ़ा, मुनाफ़ा [the ~ **on** these shares is large]; (कर आदि से) आय, आमदनी, प्राप्ति; **net ~** शुद्ध आय या प्राप्ति; 3 दबाव; **yield point** (*phys*) दबाव की सीमा (जिससे अधिक दबाव पड़ने पर वस्तु लचीली हो जाती है), पराभव-बिन्दु

yielding यील्डिङ्ग *a* 1 (of person) बात मान लेने वाला, दबाव में आ जाने वाला, नम्र, विनीत, दब्बू, दबैल; 2 नरम [~ ground], नम्य, लचीला

yodel योडल *v* (-ll-) & *n* (स्विट्ज़रलैंड आदि के पहाड़ी लोगों की तरह) कभी बहुत ऊँचे और कभी अपने स्वभाविक स्वर में गाना या गुनगुनाना *n* ऐसा गायन, योडल

yog(h)urt योगर्ट *n* (दूध में ख़मीर उठा कर जमाया हुआ) दही (जो प्राय: मीठा-मिला और सुगन्ध युक्त होता है)

yoke^1 योक *n* 1 बैलों की जोड़ी को जोतने के लिए लकड़ी का ढांचा, जूआ, युग, 2 *fig* पराधीनता, दासता, गुलामी, **to throw off the ~** गुलामी का जूआ उतार फेंकना, स्वतन्त्र हो जाना, 3 बन्धन, गँठबंधन, गँठजोड़ [the ~ of marriage], 4 **~ of oxen** बैलों की जोड़ी; 5 कंधे पर रखने का डंडा जिसके दोनों सिरों से बाल्टी आदि लटकाई जा सकती है, (एक प्रकार की) बहंगी; 6 (कमीज़, कोट, ब्लाउज़ का अलग से बना) कन्धे पर का भाग, कन्धा, स्कन्ध, 7 **~-bone** सिर और चेहरे की हड्डियों को मिलाने वाली कपोलास्थि, गण्डास्थि, **~fellow**, **~mate** (i) पति या पत्नी; (ii) सहकर्मी, साथी

yoke^2 *vt* & *i* 1 जूआ डालना, जूए में लगाना, जोतना [to ~ the oxen to the cart], 2 जोड़ना, संयोजित करना, बांधना [to ~ sth to sth], 3 (वर-वधू का) गँठबँधन करना, विवाह संपन्न करना, 4 *vi* जुड़ना, संयुक्त होना, संबद्ध होना; मिलकर काम करना

yokel योकल *n* गँवार, फूहड़ देहाती

yolk^1 योक *n* अण्डे की ज़र्दी, पीतक

yolk^2 *n*=suint

yon यॉन *a* & *adv*=foll

yonder यॉन्डर *adv* & *a* (*liter*) उधर (जहां मैं उंगली से इशारा कर रहा हूं), वहां [Look yonder!]: *a* उधर स्थित, वहां का, वह [Do you see ~ hut?]

yore यॉर *n* (*liter*) प्राचीन काल, **of yore** प्राचीन काल का, पुराने ज़माने का [knights of ~]; **in days of ~** प्राचीन काल में

you यू, यु *pron* (*sing* with *pl vb*; pl *same*; *obj* you) 1 तू, तुम, आप; तुझे, तुम्हें, आपको, 2 (in general statement) कोई; You never can tell (see tell, 3)

young^1 यङ्ग *a* (-er, -est), 1 छोटी उम्र का, छोटा, नन्हा [~ child, animal, plant], 2 युवा, तरुण, जवान, **~ man** युवक, **~ girl, ~ woman** युवती, 3 जवानी का, युवावस्था का [~ love, ambition]; one's ~ days जवानी के दिन, 4 अनुभवहीन, अपरिपक्व, कच्चा, 5 जिसे बने थोड़ा समय हुआ हो, नया, नूतन, तरुण [~ nation, institution]; 6 (of night, year, century) जिसे शुरू हुए थोड़ा समय बीता हो, 7 (i) (with surname etc) बेटा, पुत्र, the young Mr. Smith मि० स्मिथ का बेटा, कनिष्ठ स्मिथ, (ii) (in *compar*) उसी नाम का युवा व्यक्ति, the younger Pitt छोटा या कनिष्ठ पिट, 8 **the ~** युवा लोग, युवक-युवतियां, युवजन; **~ and old** जवान और बूढ़े, सभी लोग, **Young Turk** राजनीतिक दल के अन्तर्गत उग्र वर्ग का सदस्य (also see Turk)

young^2 *n* (*collect*) (जानवर का) नन्हा बच्चा, नन्हे बच्चे, शावक [the bitch and its young]; **with ~** गर्भिणी, गाभिन

youngling यङ्ग्लिङ्ग *n* (*arch*) (मनुष्य अथवा पशु का) छोटा बच्चा

youngster यङ्ग्स्टर *n* 1 बच्चा, लड़का, 2 (होशियार) युवा व्यक्ति, (होशियार) नौजवान, युवक या युवती

your युअर, यॉर *poss pron* 1 तेरा, तुम्हारा, आपका, 2 (*colloq*, usu *derog*) आपका (बहु-चर्चित, सुविदित) [Your office-goer is seldom punctual], 3 (in general statement) आपका या किसी का, You cannot alter ~ nature कोई अपना स्वभाव नहीं बदल सकता

yours युअर्ज़, यॉर्ज़ *poss pron* & *pred a*. 1 *pron* तुम्हारा, आपका [my father and yours]; **2 you and yours** आप और आपका परिवार; *pred a* आपका [The idea is yours; he is a friend of yours]

yourself युअर्-सॅल्फ़ (*pl* yourselves) *pron* emphatic & *refl*. 1 तुम, आप (for uses see self II); 2 *colloq* **How's ~**? (*sl*) (और) आपका मिज़ाज कैसा है ?

youth यूथ *n* (*pl* ~s यूद्ज़); (*collect*) **youth**, 1 जवानी, यौवन, युवावस्था [From ~ onwards, he displayed talent], 2 विकास की आरंभिक अवस्था, 3 युवक, नवयुवक, नौजवान [a ~ of 16]; 4 *collect* युवा लोग, युवा वर्ग, युवजन; युवा, युवक-युवतियां [the ~ of the country; loves to be surrounded by ~], 5 **~ centre** *or* **club** युवा लोगों के ख़ाली समय का सदुपयोग करने का स्थान या संस्था, युवक-केन्द्र, युवा-केन्द्र; **~ hostel** युवा सैलानियों के लिए ठहरने का स्थान, युवक-आवास, युवावास

youthful यूथ्फ़ल *a* 1 युवा, जवान, 2 जैसा जवानी में होता है, जवानी का, युवावस्था का [~ impatience], 3 युवक या युवती जैसा, जवानों-जैसा [has a ~ complexion; looks ~]

yowl याउल *n* & *vi* (कुत्ते या बिल्ली की तरह) चिल्लाना, चीख़ना, (of dog) भौंकना, (of cat) म्याऊं-म्याऊं करना

yo-yo यो-यो *n* (*pl* ~s) 1 कीली से जुड़ी लकड़ी आदि की दो गोल चकतियों का बना खिलौना जो उस पर डोरी के लिपटने और खुलने से ऊपर-नीचे होता रहता है, 2 चकई, यो-यो

ytterbia इ-टर्बिअ *n* (*chem*) मिट्टी के बर्तन और मिश्रधातु बनाने में प्रयुक्त पदार्थ-विशेष, इटर्बिया (also called ytterbium oxide)

ytterbium इ-टर्बिअम *n* (*chem*) एक दुर्लभ धातु, इटर्बियम

yttrium इट्रिअम *n* (*chem*) एक दुर्लभ धातु, इट्रियम

yucca यक: *n* सफ़ेद फूलों और खड्गाकार पत्तों वाला अमरीकी पौधा, यक्का

yule यूल *n* (*arch*) 1 क्रिस्मस, बड़ा दिन, 2 **~(-tide)**=Christmas-tide

yummy यमि *a* (*colloq*) स्वादु, स्वादिष्ट, ज़ायकेदार, मज़ेदार

yum-yum यम्-यम् *int* अहा ! कितना मज़ेदार ! बहुत मज़ा आयेगा !

Zz

Z, z ज़ेॅड, अंग्रेज़ी वर्णमाला का छब्बीसवां तथा अन्तिम वर्ण; *alg* तीसरी अज्ञात राशि; from A to Z (see A)

zambo ज़ैम्बो *n* (*pl* ~s) = sambo

zany ज़ेनि *n* & *a* **1** मसख़रा, भांड, विदूषक; **2** मूर्ख, बुद्धू, भोंदू; *a* मसख़रे-जैसा; मूर्खतापूर्ण तथा हास्यजनक

zap ज़ैप *vt* (-pp-) *sl* **1** प्रहार करना; हत्या करना; **2** आक्रमण करना, नष्ट करना

Zarathustrian ज़ैर-थुस्ट्रिअन = Zoroastrian

zariba, zareba ज़-रीब: *n* (सूडान में शिविर या गांव की सुरक्षा के लिए) पास-पास गाड़ी हुई बल्लियों का घेरा या प्राचीर या फ़सील, लक्कड़कोट

zeal ज़ील *n* **1** उत्साह, जोश, सरगर्मी, उत्सुकता, **2** सोत्साह अध्यवसाय, लगन, धुन [to work with great ~]

zealot ज़ेॅलट *n* **1** उत्साही व्यक्ति, **2** कट्टरपन्थी, धर्मोन्मत्त व्यक्ति

zealous ज़ेॅलस *a* (f. zeal) **1** उत्साही, जोशीला, सरगर्म, अध्यवसायी, लगन वाला, धुन का पक्का, **2** उत्साह-भरा, उत्साहपूर्ण, उत्साह-भरा,

zebec(k) ज़ीबेॅक = xebec

zebra ज़ेॅब्र: *n* **1** (अफ़्रीका का) घोड़े से मिलता-जुलता धारीदार पशु, ज़ेबरा, **2** *attrib* ज़ेबरे की तरह धारीदार, **zebra (crossing)** धारीदार पारपथ (जहां वाहन तब तक रुके रहते हैं जब तक पैदल चलने वाले सड़क न पार कर लें)

zebu ज़ीब्यू *n* (भारत का) ककुद् वाला बैल, ककुद्मी

zedoary ज़ेॅडोअरि *n* कचूर

Zeitgeist G ट्साइट्गाइस्ट युग की प्रवृत्ति या रुझान, युग की विचारधारा [Zeit = time + geist = spirit]

Zend ज़ेॅन्ड *n* **1** ज़न्दावस्ता का एक भाग या खण्ड, **2** ज़न्दावस्ता की टीका या व्याख्या; **Zend-Avesta** *n* (पारसी धर्मग्रन्थ) ज़न्दावस्ता

zenith ज़ेॅनिथ *n* **1** आकाशमंडल का वह भाग या बिन्दु जो द्रष्टा के ऐन सिर के ऊपर हो (*opp.* **nadir**); (द्रष्टा की दृष्टि में) आकाश का उच्चतम बिन्दु, शिरोबिन्दु; खमध्य, **2** *fig* (सुख, समृद्धि आदि की) पराकाष्ठा, चरम सीमा, चरमोत्कर्ष, चोटी, शिखर [is at the ~ of his fame, power, etc; is at his, its, the, ~]

zephyr ज़ेॅफ़र *n* **1** मन्द पवन, **2** (खिलाड़ियों की) झीनी जर्सी या स्वेटर

Zeppelin ज़ेॅप-लिन *n* (जर्मनी में बीसवीं शताब्दी के आरंभ में बना) बड़ा वायुपोत

zero ज़िअरो *n* (*pl* ~s) & *vt* & *i* **1** शून्य, सुन्ना, सिफ़र; **2** (यन्त्र या पैमाने पर बना) शून्य-बिन्दु, शून्यांक, **3** कुछ नहीं, अभाव, **4 zero (hour)** पूर्वनिश्चित काम को आरंभ करने का नियत समय, आरंभ-वेला; महत्त्वपूर्ण निर्णय करने का समय; शून्यकाल; *mil* आक्रमणवेला; *vt* **1** (यन्त्र आदि को) शून्यांक पर ले आना या रखना; *vi* **2 to ~ in on sth** पर (बन्दूक आदि का) निशाना बांधना; पर ध्यान केन्द्रित करना

zest ज़ेॅस्ट *n* **1** (भोजन का) चटपटापन, स्वाद, मज़ा, रस, **2** *fig* रोचकता, मनोरंजकता, मज़ा [to add ~ to the adventure], **3** स्वाद, मज़ा [to eat with ~]; दिलचस्पी, रुचि, चाव, शौक, उत्साह, जोश [to do sth with ~]; **~ful** *a* **1** दिलचस्पी लेने वाला, उत्साही, जोशीला, **2** चटपटा, मज़ेदार, स्वादिष्ट

Zeus ज़्यूस *n* (*Gk myth*) देवताओं का राजा, ओलिम्पस-निवासी 12 देवताओं में प्रथम (= *Rom.* Jupiter)

zibet ज़िबिट *n* **1** बिल्ली से मिलता-जुलता (एशियाई) जंगली जानवर, मुश्कबिलाव; **2** इसकी कस्तूरी (= civet, 2 *q.v.*)

zigzag ज़िग्ज़ैग *a*, *adv*, *n* & *vi* & *t* (-gg-) Z की तरह नुकीले मोड़ों वाला, एकाएक कभी दायें और कभी बायें मुड़ने वाला, टेढ़ा-मेढ़ा [a ~ line, road, trench etc]; (*adv*) टेढ़े-मेढ़े [the road runs ~]; *n* टेढ़ा-मेढ़ा रास्ता; टेढ़ी-मेढ़ी खाइयां, *vi* टेढ़े-मेढ़े चलना, दायें-बायें मुड़ता जाना, *vt* टेढ़ा-मेढ़ा बनाना

zillion ज़िल्यन *n* & *a* (U.S., *colloq*) अपरिमित बहुत बड़ी संख्या; *a* असंख्य, अनगिनत

zinc ज़िङ्क *n* & *vt* (~ed, *or* zinked, *or* zincked) जस्त, जस्ता, यशद; **~ oxide** (also flowers of ~) सफ़ेद रोग़न के तौर पर तथा मरहम (**zinc ointment**) आदि में प्रयुक्त पाउडर; *vt* जस्ता चढ़ाना

zincograph ज़िङ्क-ग्राफ़ *n* & *vt* नक्काशी की हुई जस्ते की प्लेट या तख़्ती जिससे वैसी ही आकृतियां छापी जाती हैं, मुद्रणार्थ जस्ते की प्लेट; इस से छापी हुई आकृति या चित्र आदि; यशदमुद्र; *vt* यशदमुद्रण करना; **~y** ज़िङ्कोॅग्रफ़ि *n* यशदमुद्रण

Zion ज़ाइअन *n* **1** प्राचीन यरूशलम (की पहाड़ी जिस पर यहूदी मन्दिर स्थित था), **2** यहूदी लोग; यहूदी धर्म, **3** (यहूदियों का) स्वर्ग

Zionism ज़ाइअ-निज़म *n* विश्व के यहूदियों का पैलस्टाइन में अपनी मातृभूमि पुन: प्राप्त करने का आन्दोलन जिसके सफल होने पर 1948 में ISRAEL की स्थापना हुई, यहूदी आन्दोलन

zip ज़िप *n* & *vt* (-pp-) **1** (बन्दूक की गोली की) सनसनाहट, सरसराहट, **2** (एकाएक कपड़ा फटने की) चरमराहट, **3** (*fig*) बल, ताकत, ज़ोर, दम; स्फूर्ति,

उत्साह, जोश, **4 zip(-fastener)** कपड़े आदि के दो भागों को परस्पर मिलाने और फिर अलग करने का उपकरण, ज़िप; **~-bag** ज़िप(-युक्त) थैला; **Zip code** (U.S.)=Pin code, *vt* **1** ज़िप (से) बन्द करना [to ~ up]; *vi* **2** सनसनाना, सनसनाते हुए गुज़र या निकल जाना [to ~ past]

zipper ज़िपर *n*=zip-fastener (see prec, 4)

zippy ज़िपि *a* (f. zip, 3) फुर्तीला, उत्साही, जोशीला

zircon ज़र्कन *n* खनिज-विशेष जिसकी अल्प-पारदर्शक क़िस्मों (*e.g.* hyacinth 3) से रत्न बनते हैं, तुरसावा, ज़र्कोन

zirconium ज़ार्-कोनिअम *n* (ज़ार्कोन में पाया जाने वाला) धात्विक तत्त्व, ज़र्कोनियम

zither ज़िदर *n* (तीस-चालीस तारों का) सितार-जैसा वाद्य-विशेष, ज़िथर

zodiac ज़ोडिऐक *n* **1** आकाशमंडल का काल्पनिक चक्र जो 12 समान भागों में विभक्त है और हर भाग राशि कहलाता है (*viz.*, Aries, Taurus, Gemini, Cancer, Leo, Virgo, Libra, Scorpio, Saggittarius, Capricorn, Aquarius, Pisces), राशिचक्र; **2** राशिचक्र का चित्र; **3 sign of the ~** राशि

zodiacal ज़-डाइअ-कल *a* राशिचक्र का; **~ light** आकाश में सूर्यास्त के बाद पश्चिम में और सूर्योदय से पहले पूर्व में कभी-कभी दिखने वाला दीप्तिमान् त्रिकोणाकार प्रदेश, राशिचक्र-प्रकाश, राशिचक्रीय प्रकाश

zoetrope ज़ोइट्रोप *n* बेलनाकार खिलौना जिसे घुमाने पर उसके अन्दर की तरफ़ बने चित्र सिनेमा-चित्रों की तरह चलते प्रतीत होते हैं, ज़ोइट्रोप

zoic ज़ोइक *a* **1** जीव-संबंधी, जैव, **2** (of rock etc) जिसमें पत्थर-बने प्राणियों या पौधों के अवशेष हों, जीवाश्ममय

Zollverein G ट्सोॅल्फ़राइन *n* सीमा-शुल्क के विषय में अनेक राष्ट्रों का संघ, सीमाशुल्कसंघ

zombi(e) ज़ोॅम्बि *n* **1** जादू से जीवित किया हुआ शव; **2** (*colloq*) (शव-सा) भावशून्य या संवेदना-शून्य व्यक्ति, मूर्ख, बुद्धू

zonal ज़ोनल *a* (f. zone) **1** क्षेत्रीय, मण्डलीय, आंचलिक, इलाकाई, **2** कटिबन्धीय

zonary ज़ोनरि *a* (f. zone) क्षेत्रीय, मंडलीय

zonate ज़ोनट *a* **1** (रंगदार आदि) पट्टियों या धारियों से अंकित, **2** क्षेत्रों या मंडलों में विभाजित

zonation ज़ोनेशन *n* क्षेत्रों या मंडलों में विभाजन

zone^{1} ज़ोन *n* **1** *arch* मेखला, पेटी, कमरबन्द, कटिबन्ध, **2** वस्तु के इर्द-गिर्द बनी (रंगदार) धारी या पट्टी, मंडल, **3** (किसी विशेषता या उद्देश्य के कारण आस-पास की जगह से अलग प्रतीत होने वाला या अलग किया हुआ) क्षेत्र, प्रदेश, इलाका, खण्ड, मंडल, अंचल [danger, demilitarized, silence, etc zone], **4** भूमध्यरेखा की समानान्तर रेखाओं से विभक्त पृथ्वी के पांच भागों में से कोई एक, कटिबन्ध, (i) **North frigid zone** (N. of Arctic Circle) उत्तरी शीत कटिबन्ध, (ii) **North temperate ~** (between tropic of Cancer and Arctic Circle) उत्तरी शीतोष्ण कटिबन्ध, (iii) **torrid ~** उष्ण कटिबन्ध, (iv) **South temperate ~** (between tropic of Capricorn and Antarctic Circle) दक्षिणी शीतोष्ण कटिबन्ध, (v) **South frigid ~** (south of Antarctic Circle) दक्षिणी शीतकटिबन्ध; **5 Time zones** देशान्तरीय रेखाओं से विभक्त पृथ्वी के 24 खंड या क्षेत्र जिनमें से हर एक का अपना-अपना मानक समय (standard time) होता है जो उसके निकटतम पश्चिमी खंड से एक घंटा आगे होता है, कालक्षेत्र

zone^{2} *vt* **1** (रंगदार) धारियों या पट्टियों से अंकित करना, **2** क्षेत्रों या मंडलों में विभाजित करना, क्षेत्र बनाना, क्षेत्र(-विशेष) के अन्तर्गत करना, **3** (आस-पास के प्रदेश से अलग करने के लिए) घेरना, वलयित करना; **zoning** *n* (in town planning) विभिन्न कामों के लिए अलग-अलग क्षेत्र निर्दिष्ट करना *e.g.* मकानों, दुकानों, कारख़ानों आदि के लिए) क्षेत्रनिर्देशन, क्षेत्रविभाजन

zoo ज़ू *n* (*abbr* of zoological garden) चिड़ियाघर, जन्त्वागार

zoo- ज़ोअ *comb.* form=जीव-, प्राणी-

zoogeography ज़ोअ-जि-ओॅग्रफ़ि *n* वह विज्ञान जो बताता है कि किस भूभाग में किस प्रकार के पशु-पक्षी पाये जाते हैं, प्राणिभूगोल

zoography ज़ो-ओॅग्रफ़ि *n* विवरणात्मक प्राणिशास्त्र, प्राणिविवरण-विज्ञान

zooid ज़ो-ओॅइड *n* (*biol*) स्वतन्त्र रूप से रह सकने वाला प्राणी या वनस्पति से मिलता-जुलता तत्त्व जो पूर्णरूप से प्राणी या वनस्पति नहीं होता, उपजीव, जीवाभ, जीवक

zoolatry ज़ो-ओॅलट्रि *n* पशु-पक्षियों की अत्यधिक सेवा, प्राणिपूजा

zoological ज़ोअ-लोॅजिकल *a* प्राणिशास्त्रसंबंधी, प्राणिशास्त्रीय; **~ garden(s)** चिड़ियाघर, जन्त्वागार

zoologist ज़ो-ओॅलजिस्ट *n* प्राणिशास्त्री, प्राणिविज्ञानी, प्राणिवैज्ञानिक

zoology ज़ो-ओॅलजि *n* प्राणिशास्त्र, प्राणिविज्ञान

zoom ज़ूम *vi* & *n* **1** एकाएक या तेज़ी से गूंजते हुए जाना, **2** विमान को एकाएक तेज़ी से सीधे ऊपर ले जाना; (विमान का) तेज़ी से ऊपर उड़ना, **3** (of camera) वस्तु का (दूर से) छोटा फ़ोटो लेने के बाद झट (पास से) बड़ा फ़ोटो ले लेना; *n* **1** विमान की एकाएक ऊँची उड़ान; (ऐसी उड़ान की) गूंज; ऊर्ध्वउड़ान; **2 zoom lens** लेन्स(-समुदाय) जिससे दूर के फ़ोटो के बाद झट पास का फ़ोटो

लिया जा सकता है, ज़ूम लेन्स

zoomorphic ज़ोअ-मॉर्‌फ़िक *a* 1 (देवताओं को) पशु की आकृति देने वाला; जिसमें पशु-आकृति के देवताओं की कल्पना की गई हो, पशुत्वारोपी; 2 जिसमें पशु-आकृतियां या पशुचित्र बने हों; पशु-आकृतियों से युक्त; **zoomorphism** ज़ोअ-मॉर्‌फ़िज़्म *n* 1 आभूषण आदि में पशु-पक्षी की आकृति बनाना; 2 देवता को पशु-आकृति देना; पशुत्वारोपण

zoophagous ज़ोअ-फ़ैगस *a* जीवभक्षी, प्राणिभक्षी

zoophobia ज़ोअ-फ़ोबिअ *n* जन्तुओं से अत्यधिक भय, जन्तुभीति

zoophyte ज़ोअ-फ़ाइट *n* वनस्पति के आकार का प्राणी; वनस्पति-प्राणी, (*e.g.* coral, sponge, etc)

zoospore ज़ोअ-स्पोर *n* चल सकने वाला बीजाणु, चलबीजाणु

zootomy ज़ो-ऑट-मि *n* 1 विभिन्न प्राणियों की शरीर-रचना का तुलनात्मक अध्ययन, प्राणिशरीर-विज्ञान, 2 प्राणिशरीरच्छेदन

Zoroastrian ज़ॉरो-ऐस्ट्रिअन, **Zarathustrian** ज़ार-थुस्ट्रिअन *aa* & *nn* 1 पारसी धर्म के प्रवर्तक ज़रतुश्त (6th cent. B.C.) का, ज़रतुश्ती; 2 पारसी धर्म का, *n* पारसी; **Zoroastrianism** *n* पारसी धर्म

zounds ज़ाउण्ड्ज़ *int* (*arch*) क्रोधसूचक शब्द, धत्! धिक्कार! आग लगे!

zucchetto ट्सु-कॅटो *n* (*pl* ~s) (रोमन कैथलिक धर्मगुरुओं की) छोटी गोल टोपी (जो पोप की सफ़ेद, कार्डिनल की लाल, बिशप की बैंगनी और पादरी की काली होती है)

zucchini ज़ु-कीनि *n* घीयातोरी-जैसी तरकारी, ज़ुकीनी

zygodactyl ज़ाइग-डैक्टिल *n* & *a* पक्षी (जिसके दोनों पाँवों की दो-दो उंगलियां आगे और दो-दो पीछे की ओर हों), युग्मांगुलि

zygoma ज़ाइ-गोम: *n* (*pl* ~ta) (=yoke-bone) गण्डास्थि; **~tic** ज़ाइग-मैटिक *a* गण्डास्थि का

zymase ज़ाइमेस *n* एक प्रकार का किण्व (see enzyme), प्रकिण्व

zymology ज़ाइ-मॉल-जि *n* किण्वविज्ञान

zymosis ज़ाइ-मोसिस *n* (*pl* -oses) 1 ख़मीर उठना, किण्वन, 2 संक्रामक रोग

zymotic ज़ाइ-मॉटिक *a* 1 किण्वन-संबंधी, किण्वन का, 2 ~ disease संक्रामक रोग, छूत की बीमारी

zymurgy ज़ाइमर्जि *n* (शराब आदि बनाने के लिए) ख़मीर उठाने से संबंधित रसायनविद्या, किण्व-रसायन

Addenda

AIDS एड्स (*abbr*. of Acquired Immune Deficiency Syndrome) वाइरस (विषाणु-विशेष) के कारण किसी भी रोग का मुकाबला करने की शक्ति का ख़तम हो जाना, रोग-प्रतिरक्षा-ह्रास (के लक्षण), भयङ्कर रोग-विशेष, एड्स

ASEAN एसिऐन, *add* (1) Brunei, (2) Papua (New Guinea) (as observer)

AWACS अवैक्स (*abbr*. of Airborne Warning and Control System) विमानवाहित चेतावनी एवं नियन्त्रण-यन्त्रावली (जिससे किसी इलाके में दूर-दूर तक टोह लगाई जा सकती है) अवाक्स

disco डिस्को *n* (*pl* ~s) (*colloq abbr* of discotheque). See below

discotheque F डिस्कटेक *n* क्लब या जलपानगृह जहां रिकार्ड बजने के साथ गाहक नृत्य भी कर सकते हैं, डिस्को

Grand Prix, *add* अन्तर्राष्ट्रीय मोटरसाइकिल-दौड़ प्रतियोगिता; अन्तर्राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता

K.G.B. के-जी-बी (*abbr.*) रूस की ख़ुफ़िया पुलिस

kickback किक्-बैक *n* 1 धक्का, झटका, 2 नौकरी दिलवाने वाले या नफ़े पर माल बिकवाने वाले को दिया गया धन, रिश्वत, दलाली

kiosk की-ऑस्क *n* 1 समाचारपत्र या चाय आदि की छोटी-सी दुकान, 2 (सड़क पर बना) टेलिफ़ोन-बूथ, 3 बैंड-बाजे के लिए छतदार चबूतरा, छतरी

NAM नैम (*abbr* of Non-alligned Meet) गुट-निरपेक्ष (देशों का) सम्मेलन

ONGC ओ-ऐन्-जी-सी (*abbr*. of Oil and Natural Gas Commission) (भारत का) तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग

SAARC सार्क (*abbr*. of South Asian Association for Regional Cooperation—comprising India, Pakistan, Bangla Desh, Nepal, Bhutan and Maldives) दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संघ

APPENDIX I

To the Student

BOOKS FOR EXTENSIVE READING

A student keen to acquire proficiency in the English language is required to read a lot of literature besides his own textbooks. A few books are here suggested for his extensive reading.

Enid Blyton: The Treasure Hunters: Mr. Meddle's Mischief; Mr. Pink Whistle's Party; Mr. Pink Whistle Interferes; Don't be Silly Mr. Twiddle: Mystery of the Secret Room; Mystery of the Hidden House; Mystery of the Banshee Towers.

Lewis Carroll: Alice in Wonderland: Through the Looking Glass.

Kenneth Grahame: The Wind in the Willows.

Hans Christian Anderson: Faery Tales.

Grimm: Grimm's Fairy Tales.

Rudyard Kipling: Jungle Book; Kim.

R.L. Setevenson: Treasure Island; Kidnapped.

Charles Dickens: A Tale of Two Cities; David Copperfield; Great Expectations; A Christmas Carol; Martin Chuzzlewit; Oliver Twist; The Old Curiosity Shop.

Jane Austen: Pride and Prejudice; Emma.

Thomas Hardy: Far from the Madding Crowd; Return of the Native, The Mayor of Casterbridge.

MAKE YOUR OWN DICTIONARY

As you read the books suggested above or any other or a newspaper. you will come across words and expressions that are new to you. Some of such words or expressions will occur again and again, in different contexts. You should jot them down—particularly those that interest you—in a notebook specially meant for the purpose. You may not always interrupt your reading by consulting the dictionary, but when you have leisure you should look up all the new words or expressions in the dictionary and write down the relevant meanings in your notebook. Keep this notebook handy and review the words as often as possible. As you do this, you will find your vocabulary growing by leaps and bounds. And after some time you will feel the need of arranging your newly acquired vocabulary alphabetically. This done, the foundation will have been laid of a small dictionary of your own.

As a next step you may be on the look-out for idiomatic expressions in your reading. These need not be arranged alphabetically but in groups that have some idea in common. By way of illustration, we give below some such groups. Against each idiom that you pick up from various sources, you may note the sentence or sentences where it occurs.

(1) to work hard; to go heart and soul into a business; to spare no pains; to leave no stone unturned; to do one's level best; to win laurels; to rest on one's laurels; to take it easy.

(2) to commit to memory; to learn sth by heart (*or* by rote).

(3) to be undecided; to be in two minds; to dilly-dally, to shilly-shally, to drag one's feet.

(4) to make up one's mind; to burn one's boats (*or* bridges); to cross the Rubicon; the die is cast.

(5) to set to work; to go about one's works; to get down to business; to get down to brass tacks; to get into one's stride; to be equal to the task; to rise to the occasion; to save the situation.

(6) to be on the look-out for sth (*or* to do sth); to keep one's eyes open (*or* skinned) for sth; to seize an opportunity; (not) to let the grass grow under one's feet; to strike while the iron is hot.

(7) to stick to one's guns; to hold one's ground; to hold one's own; to carry all before one; to come off with flying colours.

(8) to give s.o. a bit (*or* a piece) of one's mind; to take s.o. to task; to call s.o. to account; to haul s.o. over the coals; to order s.o. about; to push s.o. around; to give s.o. a dressing down.

(9) to put s.o. in his (proper) place; to eat humble pie; to pocket an insult (*or* an effront); to stomach an insult (*or* an affront); to feel (*or* look) small; to hang one's head in shame.

(10) to be frank (*or* straightforward *or* forthright); (not) to mince one's words; to call a spade a spade; to make no scruple to do sth; to make no bones about doing sth.

(11) to lead the way; to blaze a trail; to set an example; to set the fashion; to set the pace.

(12) to lead s.o. astray; to put (*or* throw) s.o. off the scent; to pull s.o.'s leg; to throw dust in s.o.'s eyes.

(13) to ride out the storm; to come out unscathed; to be (*or* come, *or* return) safe and sound.

(14) to snap one's fingers at s.o.; not to care a fig for, to fly in the face of, to act in defiance of, to be (*or* go) on the war-path, to fall foul of.

(15) to take revenge on s.o. for sth; to settle (*or* square) accounts with s.o.; to pay off old scores; to pay s.o. (back) in the same coin (*or* in his own coin).

(16) to put a spoke in s.o.'s wheel; to queer the pitch for s.o.; to queer s.o.'s pitch; to cook s.o.'s goose.

(17) to turn one's back on s.o.; to let s.o. down; to leave s.o. in the lurch.

(18) to make it up with s.o.; to come to terms with s.o.; to meet s.o. half-way.

(19) to have (too) many irons in the fire; to have one's hands full; to have many demands on one (*or* on one's time); to have other fish to fry.

(20) to shun limelight; to keep a low profile; to be in the limelight; to keep a high profile.

(21) to keep one's distance; to keep s.o. at a distance, to keep s.o. at arm's length; to fight shy of s.o. *or* sth; to have no truck with s.o.; not to touch s.o. (*or* sth) with a barge-pole.

(22) to live from hand to mouth, to keep body and soul together, to keep the wolf from the door.

(23) to keep sth to oneself; to keep one's own counsel: to confide sth to s.o.; to take s.o. into one's confidence.

(24) to dig a pit for s.o.; to be hoist with one's own petard; to prove (to be) a Frankenstein's monster.

(25) to fan the flame; to add fuel to the flames; to pour oil on the flames; to pour oil on troubled waters.

(26) to toe the line; to be in step with s.o.; to be out of step with s.o.

(27) to curry favour with s.o.; to dance attendance on s.o.: to lay it thick (*or* with trowel); to lick s.o.'s boots (*or* shoes).

(28) to be superior to s.o.; to have an advantage over s.o.; to have the edge on s.o.

(29) from the horse's mouth; from an authoritative source;

(30) to hope for the best; to cross one's fingers; to keep one's fingers crossed.

Further, you may study and collect verbs followed by prepositions or adverbs in special senses. In this dictionary you will find many examples of such verbs under the entries like:

break, carry, come, cut, draw, fall, get, give, go, hold, keep, lay, look, make, put, run, set, take, turn, etc.

To this end, you may also tap other sources available to you.

APPENDIX II

To the Translator

Experience has shown that the average translator is familiar with only one or two senses of a word which may have as many as ten or more senses. He usually applies the only meaning known to him in all contexts while in some cases a different meaning or equivalent is required to serve the purpose. It is, therefore, necessary for a beginner to acquire the dictionary habit. He should know that '*institution*' is not always संस्था or '*parallel*' समानान्तर or '*system*' प्रणाली. He should carefully note the different meanings of words that he comes across at every turn, such as, *balance, challenge, compromise, confidence, defence, defend, dynamic, inform, leadership, margin, responsible, system, etc.*

The beginner should further note that the idiom of the English language is its own peculiarity and that a literal translation of idiomatic expressions can seldom convey the intended sense in Hindi. See for example, the following expressions: *to burn one's boats, to come to terms with something, to drag one's feet, to face the music, to hang fire, to hang in the balance, to jump out of one's skin, to pull one's weight, to sit on the fence, to stay the course; to take someone into one's confidence, to take something with a grain* (or *pinch*) *of salt, to turn the corner, to wash one's hands of something, to work etc. against time.*

A translator is not supposed to produce a Hindi rendering in which each and every word of the original is *visibly* reflected. But he must take pains to convey the idea fully or at least adequately. In this dictionary, he will find numerous examples of English sentences rendered into Hindi without using the particular Hindi word that has been given as the equivalent of the English word. Thus and otherwise, too, the beginner will find many of his difficulties solved here.

In looking up a word in the dictionary, he should not just look up the first meaning or equivalent given but read further until he is satisfied that he has found the right Hindi word. He may sometimes look up even the derivatives of the English word where a more suitable Hindi equivalent may have been given.

APPENDIX III

American Pronunciation*

While the English pronunciation given in the *Concise Oxford Dictionary of Current English* (and followed in the present work) is generally understood and accepted in the U.S.A., there is also a different way of pronouncing certain words, not found in the English-speaking countries of the British Commonwealth.

Some important peculiarities are noted below.

(i) '*a*' sounds as ऐ in the following words:

advance (ऐड्वैन्स), ask (ऐस्क), basket (बैस्किट), bath (बैथ), brass (ब्रैस), cast (कैस्ट, so also broadcast), caste (कैस्ट, so also out-caste), chance (चैन्स), class (क्लैस), command कमैन्ड), demand (डिमैन्ड), example (इग्ज़ैम्पल), fast (फ़ैस्ट), fasten (फ़ैसन), half (हैफ़, *so also* behalf), last (लैस्ट), laugh (लैफ़), pass (पैस), past (पैस्ट), *plant* (प्लैन्ट), vast (वैस्ट), etc.

(ii) '*ile*' as इल in the following:

fragile (फ्रेजिल), futile (फ़्यूटिल), juvenile (जूव-निल), missile (मिसल), versatile (वर्सटिल), etc.

